मोक्षानुभूति अर्थात् साक्षात्कार समाधिसे होता है और समाधिके लिये अभ्यास एवं वैराग्यकी आवश्यकता है। विक्षिप्त चित्त प्रतिक्षण इधर-उधर भटका फिरता है। स्थिर सत्यका अनुभव नहीं कर सकता। ऐसे अनुभवके लिये चित्तको वासनाविरहित करना होगा। कठोपनिषद्के शब्दोंमें—

'यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः।
अथ मर्त्योऽमृतो भवति।' (२।३।१४)

इसका तात्पर्य यह हुआ कि कर्म किये तो जायँ परंतु निष्काम होकर; वासनाओंकी तृप्तिके लिये नहीं, वरं उनके उपशमके लिये। भारतीय दर्शनमें यही स्थल कर्तव्यशास्त्रका उद्गम-स्थान है। ईशावास्य-उपनिषद् विशेषरूपसे विचारणीय है—

ईशा वास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्॥
कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे॥ १-२॥

पहले द्वितीय मन्त्रको लीजिये। इस प्रकार कर्म करते हुए वह अर्थात् उनके सुख-दुःख, आशा-भय आदिके संस्कार उसको लिप्त न कर सकें। मनुष्य सौ वर्ष अर्थात् पूर्णायु जीवे। शुक्ल यजुर्वेदके छत्तीसवें अध्यायका चौबीसवाँ मन्त्र इस सौ वर्षकी पूर्ण आयुका रूप बतलाता है—

'पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतम्।'

'हम सौ वर्षतक जीते रहें, हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ सौ वर्षतक काम करती रहें। (वैदिक वाङ्मयमें चक्षुको सब ज्ञानेन्द्रियोंका और वाणीको सब कर्मेन्द्रियोंका उपलक्षण मानते हैं।) सौ वर्षतक ज्ञानका सञ्चय करते रहें (वेदको श्रुति कहते हैं इसलिये 'हम सुनते रहें' का अर्थ है हमको ज्ञानकी प्राप्ति होती रहे) और हम सौ वर्षतक अदीन रहें।' पहला मन्त्र यह बतलाता है कि किस प्रकारका आचरण करनेसे मनुष्य कर्म-फलसे अलिप्त रह सकता है। समस्त जगत्को ईश्वरसे आच्छादित करना चाहिये। ऐसा मानना चाहिये कि समस्त जगत्में ईश्वर भीतर और बाहर व्याप्त है।

समस्त जगत् उसकी अभिव्यक्ति है। ऐसी अवस्थामें एक वस्तुको पसंद करने और दूसरीको नापसंद करनेका प्रश्न ही नहीं उठ सकता। इसलिये जो कुछ यदृच्छया प्राप्त हो जाय, उसका त्यागके द्वारा असङ्ग भावसे उपभोग करना चाहिये। त्याग सक्रिय भाव है। हम उसकी व्याख्या आगे चलकर करेंगे। अन्तमें मन्त्र यह कहता है कि किसीके अर्थात् दूसरोंके धनकी लालच मत करो। यह सुननेमें बड़ी स्थूल-सी बात प्रतीत होती है, परंतु इसका वास्तविक आशय यह है कि मनुष्यको चाहिये कि विषयोंकी, जो दूसरों अर्थात् इन्द्रियोंके धन हैं, कामना न करे। यदि ध्यानसे देखा जाय तो सारी भगवद्गीता इन दोनों मन्त्रोंकी व्याख्यामात्र है।

कठोपनिषद्की दूसरी वल्लीने परम पुरुषार्थ और सदाचारके सम्बन्धमें एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण बात कही है। जिसके बारेमें पाश्चात्य विद्वानोंको भी बराबर विचार करते रहना पड़ता है। **अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेयस्ते उभे नानार्थे पुरुषꣳ सिनीतः। तयोः श्रेय आददानस्य साधुर्भवति हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीते॥**

(कठ० १। २। १)

श्रेय प्रेयसे भिन्न है। इन दोनोंके अर्थ अर्थात् विषय भिन्न हैं और ये मानो जीवको अलग-अलग प्रकारसे बाँधते हैं। जो श्रेयको चुनता है, उसका कल्याण होता है; परंतु जो प्रेयको चुनता है, वह पुरुषार्थसे दूर हो जाता है। इसके आगे चलकर कहा गया है—

'तमक्रतुः पश्यति वीतशोको
धातुप्रसादान्महिमानमात्मनः।'

(कठ० १। २। २०)

जो व्यक्ति फलकी कामनाको छोड़कर कर्म करता है, जो शोकका अतिक्रमण कर गया है, वह धातुके प्रसादसे आत्माकी महिमाका अनुभव करता है। यहाँ 'धातु'का तात्पर्य अन्तःकरण और उसके उपकरणों अर्थात् इन्द्रियोंसे है। अन्तःकरणके प्रसादकी प्राप्तिका उपाय पातञ्जलयोग-दर्शनमें इस प्रकार बताया गया है—

'मैत्रीकरुणामुदितोपेक्षाणां सुखदुःखपुण्यापुण्यविषयेषु भावनातश्चित्तप्रसादनम्।'

चित्तका प्रसाद प्राप्त करनेके लिये सुखके प्रति मैत्रीका अर्थात् संसारमें सुखकी मात्राको बढ़ानेका, दुःखके प्रति करुणाका, अर्थात् संसारमें दुःखकी मात्रा घटानेका, पुण्यके प्रति मुदिताका अर्थात् संसारमें पुण्यकी मात्रा बढ़ानेका और अपुण्यके प्रति उपेक्षाका, अर्थात् दुराचारीसे द्वेष न करते हुए दुराचारको दूर करनेका, सतत अभ्यास करना होगा। अपनी शारीरिक और बौद्धिक विभूतियोंको इस प्रयासमें लगाना ही त्याग है। इस वल्लीका एक और मन्त्र कहता है—

नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः।
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात्॥

(कठ० १। २। २४)

'जो दुश्चरितसे विरत नहीं हुआ है, जिसकी इन्द्रियाँ वशमें नहीं हैं, जिसका चित्त समाधिमें स्थिर नहीं है, उसको इस सत् पदार्थका ज्ञान नहीं हो सकता।' केनोपनिषद्में कर्मको विद्याके आधारों—वर्तनोंमें परिगणित किया है।

तस्यै तपो दमः कर्मेति प्रतिष्ठा वेदाः सर्वाङ्गानि सत्यमायतनम्। (केन० खण्ड ४ मन्त्र ८)

भारतीय आचार्योंने कर्मका क्षेत्र कभी भी मनुष्यतक सीमित नहीं किया। इस जगत्में ब्रह्मदेवसे लेकर कीटाणुतक जितने भी प्राणी हैं, उन सबसे हमारा सम्बन्ध है, उन सबका हमारे ऊपर ऋण है, उन सबके ही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोगसे ही हमारा कल्याण हो रहा है। अतः उन सबके प्रति हमारा कुछ-न-कुछ कर्तव्य है। न तो हम उन सबको पहचानते हैं, जो निरन्तर हमारा उपकार कर रहे हैं और न उन सबकी किसी प्रकारकी सेवा ही कर सकते हैं, परंतु इस बातका अनुभव भी हमारे चरित्रको उठाता है कि हम पदे-पदे दूसरोंके ऋणी हैं।

बृहदारण्यक-उपनिषद्के पहले अध्यायके चौथे ब्राह्मणका सोलहवाँ मन्त्र कहता है—

अथो अयं वा आत्मा सर्वेषां भूतानां लोकः स यज्जुहोति यद्यजते तेन देवानां लोकोऽथ यदनुब्रूते तेन ऋषीणामथ यत्पितृभ्यो निपृणाति यत्प्रजामिच्छते तेन पितृणामथ यन्मनुष्यान्वासयते यदेभ्योऽशनं ददाति तेन मनुष्याणामथ यत्पशुभ्यस्तृणोदकं विन्दति तेन पशूनां यदस्य गृहेषु श्वापदा वयाꣳस्यापिपीलिकाभ्य उपजीवन्ति तेन तेषां लोको यथा ह वै स्वाय लोकायारिष्टिमिच्छेदेवꣳ हैवंविदे सर्वाणि भूतान्यरिष्टिमिच्छन्ति।

'कर्ममें लगा हुआ यह आत्मा सब प्राणियोंका लोक अर्थात् आश्रय है। अपने यज्ञ और पूजनसे वह देवोंका लोक होता है। अपने अध्ययन और अनुशिक्षणसे ऋषियोंका, पितरोंके लिये बलि देने और सन्तान छोड़ जानेकी इच्छा करनेसे पितरोंका, मनुष्योंको भोजनादि देनेसे मनुष्योंका,

तृणोदक देनेसे पशुओंका तथा उन कुत्तों, चिड़ियों और चींटी आदि छोटे प्राणियोंका लोक हो जाता है, जो उसके घरमें रहते हैं और उसके सहारे जीते हैं । जिस प्रकार सब लोग अपने शरीरका भला चाहते हैं, इसी प्रकार सब प्राणी उसका भला चाहते हैं, जिसका ज्ञान और कर्म इस प्रकारका होता है ।'

जो मनुष्य जगत्में जलसे अलिप्त कमलके पत्तेके समान रहना चाहता है, उसके लिये पाँचवें अध्यायके दूसरे ब्राह्मणमें दी हुई कथा रोचक होनेके साथ ही बहुत ही उपदेशपूर्ण भी है । एक बार प्रजापतिके तीनों प्रकारके पुत्र अर्थात् देव, असुर और मनुष्य उनकी सेवामें उपस्थित हुए । उनकी दीर्घकालीन अर्चासे प्रजापति प्रसन्न हुए । उपासकोंको आकाशमें गम्भीर नादके रूपमें 'द' अक्षर सुन पड़ा । 'द' का अर्थ देवोंके लिये दाम्यत 'दमन करो', मनुष्यके लिये दत्त 'दो' और असुरोंके लिये दयध्वम् 'दया करो' था । देव और असुर सौतेले भाई दोनों ही प्रजापतिकी सन्तान हैं, बलवान् हैं, तप कर सकते हैं अर्थात् विक्षेपको छोड़कर किसी एक काममें अपनी सारी शक्ति लगा सकते हैं और जिस काममें लग जाते हैं, उसमें प्रायः सफलता प्राप्त करके ही छोड़ते हैं । दोनोंमें बराबर संघर्ष होता रहता है । बहुधा ऐसा भी होता है कि असुरगण देवगणको जीत लेते हैं । परंतु पराशक्ति फिर देवोंको विजय प्रदान करती है । कभी-कभी देवोंको ऐसी विजयपर गर्व भी हो जाता है, परंतु जैसा कि केनोपनिषद्का 'यक्षोपाख्यान' दिखलाता है, यह अभिमान नीचे गिरानेवाला है । ऐसा नम्रतापूर्वक समझ लेनेमें कि उनको पराशक्तिसे ही स्फूर्ति मिलती है, उनका कल्याण है । सप्तशतीमें इस बातकी ओर सङ्केत है कि असुरगण देवीके हाथों मारे तो जाते हैं, परंतु इस प्रक्रियासे पवित्र होकर उनको देवलोककी प्राप्ति होती है । यह तो स्पष्ट ही है कि ऐतिहासिक दृष्टिसे देव और असुर कोई भी रहे हों, परंतु ऐसे दार्शनिक प्रसङ्गोंमें ये दोनों शब्द परार्थमूलक और स्वार्थमूलक प्रवृत्तियों और वासनाओंके लिये प्रयुक्त होते हैं । परार्थमूलक प्रवृत्तियाँ अच्छी हैं परंतु उनके ऊपर बुद्धिका अङ्कुश रहना चाहिये । अन्यथा भलाईके स्थानमें संसारका अहित हो सकता है । इसीलिये देवोंको 'दाम्यत' का उपदेश दिया गया । अपने स्वार्थकी सिद्धिमें कभी-कभी सैकड़ों और हजारों व्यक्तियोंको घोर हानि पहुँचायी जाती है । उतने दामोंमें जो सुख मिलता है, उसका न मिलना ही अच्छा है । और फिर विषय-सुख तो उस कड़ुवी वस्तुके समान होते हैं, जिसके ऊपर धोखा देनेके लिये चीनी लगी होती है । मुँहपर रखते ही मीठा स्वाद कड़वेपनमें बदल जाता है, इसीलिये असुरोंके प्रति 'दयध्वम्' कहा गया है । प्रवृत्त होनेके पहले यह सोच लो कि तुम्हारे द्वारा कर्ता तथा दूसरोंका कितना बड़ा अनिष्ट होगा । मनुष्यके लिये तो 'दत्त' से अच्छा उपदेश हो ही क्या सकता है । तुम्हारा जो कुछ है, सब लोक-संग्रहमें—परार्थ-सेवनमें अर्पित कर दो ।

देव-विजेता असुर देवीके हाथसे मारे जाकर देवलोकको प्राप्त हुए । इसका तात्पर्य यह है कि जो प्रवृत्तियाँ मनुष्यको नीचे गिराती हैं, यदि उनका दमन किया जाय तो वही पवित्र होकर मनुष्यको पावन बननेमें सहायता देती हैं । कामवासना स्वतः बुरी चीज हो सकती है; परंतु उन्नमित काम कविकी लेखनीमें चमत्कार ला देता है और मीरा-जैसे भक्त और गिरधरनागरके बीचमें सम्बन्धसूत्र बनता है । इसीलिये शृङ्गारको 'ब्रह्मानन्दसहोदर' कहा जाता है । इसी बातको सामने रखकर बार-बार यह उपदेश दिया जाता है कि 'यज्ञभावसे कर्म करना चाहिये ।' यज्ञमें बलिपशुमें देवता अवतरित होती है और बलिकर्मके बाद उसकी शक्ति यजमानमें प्रवेश कर जाती है । लोकसंग्रह-भावसे, ईशावास्य-उपनिषद्के शब्दोंमें ईशसे आच्छादित करके कर्म करनेसे, अपनी कुप्रवृत्तियोंका संहार हो जाता है और जो शक्ति उनको तृप्त करनेमें लगती थी, वह जीवको ऊपर उठानेमें लग जाती है । जो अन्तःकरण इन्द्रियोंके पीछे बहिर्मुख दौड़ता था, वही अन्तर्मुख होकर आत्मसाक्षात्कारका साधन बन जाता है ।

उपनिषदोंने सत्कर्मोंकी सूची देनेका प्रयत्न नहीं किया है, फिर भी उन्होंने उन एक-दो बातोंपर बारंबार जोर दिया है, जिनको हम सदाचारका मूल या प्रधान अङ्ग कह सकते हैं । 'सत्य' और 'ब्रह्मचर्य' की प्रशंसामें सैकड़ों वाक्य मिलते हैं । छान्दोग्य-उपनिषद्के शब्दोंमें **'यद् यज्ञ इत्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तत्'** जिसको यज्ञ कहते हैं, वह ब्रह्मचर्य ही है । इसी प्रकार मुण्डकोपनिषद्में ऋषि सत्यकी इस प्रकार महिमा गाता है—

सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा
सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम् ।
अन्तःशरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो
यं पश्यन्ति यतयः क्षीणदोषाः ॥
सत्यमेव जयति नानृतं
सत्येन पन्था विततो देवयानः ।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा
यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम् ॥
(३ । १ । ५-६)

'इस शुद्ध ज्योतिर्मय आत्माको, जिसको क्षीणदोष यति-लोग अपने भीतर देखते हैं, सत्य, तप, ज्ञान और ब्रह्मचर्यके द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। सत्यकी ही विजय होती है, झूठकी नहीं। वह देवयान-मार्ग, जिससे आप्तकाम ऋषिगण सत्यके उस परम निधानपर पहुँचते हैं, सत्यके द्वारा ही खुलता है।' बार-बार यह कहा गया है—**'सत्यप्रिया हि देवाः'** देवोंको सत्य ही प्रिय है। किसी भी कर्मकी सिद्धि इस बात-पर निर्भर करती है कि उसके करनेमें कितनी सचाईसे काम लिया जाता है। सचाईके अभावमें अच्छा-से-अच्छा काम तामस-कर्म हो जाता है। इसीलिये ऋषियोंका आदेश था कि यज्ञात्मक कामोंके आरम्भमें यह सङ्कल्प किया जाय। **'इदमहमनृतात्सत्यमुपैमि'** 'यह मैं झूठको छोड़कर सत्यको ग्रहण करता हूँ।'

इस प्रकारके वाक्योंके अर्थपर मनन करनेसे यह बात समझमें आ जाती है कि भारतीय दर्शनमें कर्मका क्या स्थान है और किस प्रकारके आचरणको सदाचरण कहा जा सकता है; परंतु अभीतक मैंने स्पष्ट-रूपसे यह नहीं बतलाया कि भारतीय विचारधाराके अनुसार सत्कर्मकी कसौटी क्या हो सकती है। वह कौन-सा लक्षण होना चाहिये, जिसके अभावमें किसी कर्म-विशेषको सत्कर्म नहीं कहा जा सकता। अज्ञानके कारण आत्मा अपने स्वरूपको भुलाकर जीव बन रहा है। जिस प्रकार पानीमें गिरे हुए व्यक्तिको किनारेपर पहुँचनेके लिये पानीका उपयोग करना पड़ता है, उसी प्रकार अज्ञानसे छुटकारा पानेके लिये इस अज्ञानमूलक जगत्से काम लेना पड़ता है। कर्मसे तो नितान्त छुटकारा नहीं मिल सकता, परंतु इस प्रकार कर्म करना श्रेयस्कर होगा कि अज्ञानका बन्धन क्षीण हो। जबतक अज्ञान है, तबतक नानात्वकी प्रतीति होती रहेगी। उपनिषद् पुकार-पुकारकर कहते हैं—

'नेह नानास्ति किञ्चन, द्वितीयाद्वै भयं भवति'

'यहाँ जरा भी नानात्व नहीं है। द्वैतसे निश्चय ही भय होता है।' परंतु केवल वाक्योंकी आवृत्ति करने या तर्क करनेसे अखण्ड एकरस अद्वय ब्रह्म-सत्ताकी अनुभूति नहीं हो सकती। उसके लिये चित्तका समाहित होना अनिवार्यतया आवश्यक है। परंतु थोड़ी देरतक पद्मादि आसन लगाकर बैठ जाने और प्राणायाम-मुद्रा आदिका अभ्यास करनेसे ही समाधिकी प्राप्ति नहीं हो सकती। उसके लिये तो जाग्रत् अवस्थामें भी प्रयत्नशील रहना चाहिये। दूसरे प्राणियोंसे अभेद स्थापित करना ही इस दिशामें यथार्थ प्रयत्न है। जिस हदतक कोई मनुष्य दूसरेके दुःख-सुखको अपना दुःख-सुख बना सकता है—उसके साथ सह-अनुभूति प्राप्त कर सकता है, उस हदतक वह अज्ञानकी निवृत्तिके पथपर अग्रसर होता है। माताको अपनी सन्तानके साथ और दम्पतिको एक दूसरेके साथ भी ऐसी सह-अनुभूति, ऐसी अभेद-भावना हो सकती है, परंतु इस अभेद-भावनाके साथ एक प्रबल भेद-भावना भी लगी रहती है। जितना ही एकके साथ अभेद होता है, उतना ही दूसरोंके साथ भेद होता है। इसलिये इस भावनासे प्रेरित होकर जो कर्म किये जाते हैं, वे अज्ञानको दूर करनेमें सहायक नहीं हो सकते। परंतु जिस समय कोई व्यक्ति किसी डूबतेको या आगमें जलते हुएको बचानेके लिये कूद पड़ता है, उस समय उसको उसके साथ तादात्म्यका अनुभव तो होता है; परंतु किसी औरके साथ भेदका अनुभव नहीं होता। उस क्षणमें उसके लिये भेदका अभाव हो जाता है और उसको उस आनन्द-की झलक मिलती है, जिसको योगी समाधिकी अवस्थामें प्राप्त करता है, समाधिका अभ्यास ऐसे कामोंकी ओर प्रवृत्ति होने-की प्रेरणा देता है और ऐसे कामोंमें लगना समाधिके लिये अधिकार प्रदान करता है। इसका फलितार्थ यह निकला कि जो काम अभेद-भावनाकी ओर ले जाता है, वह सत्कर्म है, कर्तव्य है, करणीय है। जो काम भेद-भावनापर अवलम्बित है और भेद-भावनाको पुष्ट करता है, वह अकरणीय है, दुष्कर्म है। पाश्चात्य विद्वानोंने सत्कर्मके जितने भी लक्षण बताये हैं, वे सब इसके अन्तर्गत आ जाते हैं।

वेदको प्रमाण माननेवाले भारतीय दर्शनशास्त्रोंने उपनिषदोंको ही अपना आधार माना है। इसीलिये मैंने यह दिखलानेका प्रयत्न किया है कि यद्यपि भारतीय दर्शनमें कर्मको ज्ञानकी अपेक्षा गौण स्थान ही दिया जा सकता है; परंतु उपनिषदोंमें वे सिद्धान्त स्पष्ट रूपसे दिये हुए हैं, जिनके आधारपर कोई भी विचारशील मनुष्य अपने लिये कर्तव्यका निश्चय कर सकता है। इस पथपर चलनेवाला अपने लिये तो निःश्रेयसका द्वार खोल ही लेगा, उसके तपःपूत व्यक्तित्वके प्रकाशमें मानव-समाज भी अभ्युदयके पथपर आरूढ़ हो सकेगा।

उपनिषद्‌की दिव्य शिक्षा

(लेखक—आचार्य श्रीअक्षयकुमार वन्द्योपाध्याय, एम्० ए०)

मानव-चेतना स्वभावतः इन्द्रिय और मनके अनुगत होकर विश्व-जगत्‌में परिचय प्राप्त करनेके लिये प्रयत्न करती है। इससे मानव-चेतनाके क्रमशः विकाशशील ज्ञानके सामने यह विश्व-जगत् देशकालाधीन शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध-विशिष्ट नित्य परिवर्तनशील असंख्य खण्ड पदार्थोंके समष्टिरूपमें ही प्रतीत होता है। किंतु मानव-चेतनाकी अन्तःप्रवृत्तिमें, जाने क्या एक प्रेरणा है, जिसके कारण विश्व-जगत्‌के इस बाहरी परिचयसे वह तृप्त नहीं हो सकती। इन्द्रियसमूह और मन इस जगत्‌का जो परिचय मानव-चैतन्यके सामने उपस्थित करते हैं, वह मानो उसका सच्चा परिचय नहीं है, उसके यथार्थ स्वरूपका ज्ञान नहीं है—इस प्रकारकी एक अनुभूति मानव-चेतनाको सदा-सर्वदा इस जगत्‌का और भी निगूढ़, निगूढ़तर और निगूढ़तम ज्ञान प्राप्त करनेके लिये उद्दीप्त करती रहती है। जगत्‌के इस बाह्य खण्ड-परिचयपर निर्भर करके मनुष्य कर्म और भोगमें प्रवृत्त होता है। पर इस प्रकारके कर्म और भोगसे उसे शान्ति नहीं मिलती। इसमें उसकी अबाध स्वाधीनताकी अनुभूति नहीं है, पूर्णताका आस्वादन नहीं है। इस प्रकारके ज्ञान, कर्म और भोगमें वह अपनेको पूर्णरूपसे उपलब्ध नहीं कर पाता; उसकी चेतनामें सभी अवस्थाओंमें अभावबोध, दुःखबोध और अशान्तिकी ज्वाला बनी रहती है। इस अभाव, दुःख और अशान्तिको दूर करनेके लिये वह उच्चतर ज्ञानभूमि, कर्मभूमि और भोगभूमिका अनुसन्धान करता है, विश्व-जगत्‌के साथ निविडतर परिचयके लिये आग्रहशील होता है।

इन्द्रिय और मनका अनुवर्तन करके मानव-चैतन्य जितना ही अग्रसर होता है, उतना ही उसे अनुभव होता है कि इस मार्गमें ज्ञानकी, कर्मकी और आनन्दकी पूर्णता नहीं है। परंतु इसी प्रयत्नके द्वारा चेतनाका क्रम-विकास होता रहता है। मानव-चेतना जब पूर्णरूपसे विकसित हो जाती है, सम्यक्‌रूपसे जाग्रत् और प्रबुद्ध हो जाती है; तब वह अपने ज्ञान, कर्म और भोगको इन्द्रिय और मनकी अधीनतासे मुक्त करनेके लिये प्रयास करती है, अपने स्वरूपभूत चित्-ज्योतिके प्रकाशसे इस विश्व-जगत्‌के यथार्थ स्वरूपका साक्षात् परिचय प्राप्त करनेमें अपनेको संलग्न कर देती है। इन्द्रिय-मनोनिरपेक्ष सम्यक् प्रकारसे सम्बुद्ध मानव-चेतनाके अपरोक्ष ज्ञानमें विश्व-जगत्‌का जो स्वरूप प्रत्यक्ष होता है, वही इस विश्व-जगत्‌का पारमार्थिक स्वरूप है। ऐसा उसे अनुभव होता है। इस ज्ञानमें मानव-चेतना और विश्व-जगत्‌के सारे भेद, व्यवधान और विसंवाद मिट जाते हैं। मानव-चेतनाकी अपूर्णताकी अनुभूति भी मिट जाती है, अपने साथ जगत्‌की एकात्मताका अनुभव करके वह अपने खण्ड, अपूर्ण और निरानन्दभावसे मुक्त हो जाती है एवं कर्ममें स्वाधीन तथा सम्भोगमें आनन्दमय बन जाती है।

यह जो इन्द्रिय-मनकी अधीनतासे मुक्त सम्यक्-प्रबुद्ध मानव-चेतना है, इसीका नाम 'ऋषिचेतना' है। इस ऋषि-चेतनाके द्वारा विश्व-जगत्‌के अन्तर्निहित तत्त्वके सम्बन्धमें जो अपरोक्ष अनुभूति होती है, उसीका नाम उपनिषद्-ज्ञान है। ऋषि-चेतनामें जो सत्य प्रकाशित होता है, वही सम्पूर्ण जीव और जगत्‌का मूल-तत्त्व और यथार्थ स्वरूप है। वह ऋषिचेतना समस्त जीवों (चेतन) का और जडका अबाध मिलनक्षेत्र है। उस ऋषिचेतनाकी प्राप्ति होनेपर मनुष्यके ज्ञानकी, स्वाधीनताकी, आनन्दकी और कल्याणकी पूर्णता हो जाती है। मनुष्यकी चेतना उस समय देश-कालकी सीमाका अतिक्रमण कर, कार्य-कारण-शृङ्खलाके बन्धनसे छूटकर, राग-द्वेष, भय-भावनासे ऊपर उठकर, सब प्रकारके आवरण और विक्षेपसे मुक्ति पाकर विश्व-जगत्‌के यथार्थ स्वरूपको देखती है और अपने यथार्थ स्वरूपमें प्रतिष्ठित होती है। ऋषिगण जब इस अनुभूतिकी बातें बताते हैं, उस समय इन्द्रिय-मनकी शृङ्खलामें बँधे हुए ज्ञानपिपासु व्यक्ति बड़े आश्चर्यसे उन्हें सुनते हैं, परंतु वे सम्यक्‌रूपसे उनकी धारणा नहीं कर सकते। इन बातोंको वे अस्पष्ट भावसे ज्ञानके आदर्शरूपमें अनुभव करते हैं और इस स्थितिको प्राप्त करनेके लिये इन्द्रिय-मनकी अधीनतासे छूटनेकी साधना करते हैं।

प्राचीन भारतमें जिन असाधारण महामानव पुरुषोंने ऋषिचेतना प्राप्त करके अतीन्द्रिय और अतिमानस ज्ञानके द्वारा सम्पूर्ण जीव-जगत्‌के पारमार्थिक स्वरूपको प्रत्यक्ष देखा था; जिनकी सम्यक्-सम्बुद्ध चेतनाके सामने परम सत्यने अनावृत और अविक्षिप्त रूपसे अपने स्वरूपको प्रकट कर दिया था; उनकी दिव्य वाणियाँ ही संकलित और संग्रथित होकर उपनिषद्-ग्रन्थके रूपमें मानव-समाजमें प्रचारित हैं। गुरु-शिष्य-परम्पराके क्रमसे उन वाणियोंका तत्त्व-ज्ञानके पिपासु साधक-

सम्प्रदायमें प्रसार हुआ है। इन्हीं सब वाणियोंका आश्रय लेकर ज्ञान-पिपासु, आनन्द-पिपासु और मुक्ति-पिपासु अगणित साधकोंने अपनी स्वाभाविक ज्ञानशक्ति, कर्मशक्ति और चित्तवृत्तियोंका भलीभाँति नियन्त्रण करके अपनी चेतनाको इन्द्रिय-मनकी अधीनतासे मुक्त किया है। और उस मुक्त चेतनाके द्वारा उन सब दिव्य वाणियोंके अनुसार अपरोक्ष अनुभव प्राप्त करके वे कृतकृत्य हुए हैं। उन साधकोंके जीवनकी कृतार्थताको देखकर समाजके सभी श्रेणीके नर-नारियोंको उन वाणियोंकी सत्यताके सम्बन्धमें संदेहरहित दृढ़ विश्वास हो गया। दार्शनिक आचार्योंने इन्द्रिय-मनकी अधीनता-शृङ्खलामें बँधे हुए प्रत्यक्षादि सब प्रकारके लौकिक प्रमाणों और तदनुगत समस्त युक्ति-तर्कोंको परम तत्त्वके प्रकाशनमें असमर्थ पाकर, जीव-जगत्‌को पारमार्थिक परिचय प्रदान करनेके लिये उपनिषद्-वाणीको ही सर्वश्रेष्ठ प्रमाण माना, और इन्हीं सब वाणियोंका तात्पर्य ढूँढ़ निकालनेमें उन्होंने प्रधानतया अपनी मनीषा और विचारशक्तिका बड़ी निपुणताके साथ प्रयोग किया। सम्बुद्ध चेतन तत्त्वदर्शी ऋषियोंकी अपरोक्षानुभूतिसे उत्पन्न दिव्य वाणियोंको श्रद्धापूर्वक सुनकर ही जीव-जगत्‌के यथार्थ स्वरूपका सच्चा ज्ञान प्राप्त करनेके लिये मनुष्यकी स्वाभाविक ज्ञानशक्तिको नियोजित करना पड़ेगा—इसी हेतुसे इसको 'श्रुतिप्रमाण' कहा जाता है। भारतके सर्वश्रेष्ठ मनीषियोंके द्वारा रचित और प्रचारित जितने भी स्मृति, पुराण, दर्शन, तन्त्र और महाकाव्य आदि हैं, सभी इस 'श्रुति'के द्वारा ही अनुप्राणित हैं और वे समाजके सभी स्तरोंमें उस 'श्रुति' की भावधाराको ही वहन कर रहे हैं।

कहना नहीं होगा कि इस प्रकार ऋषिचेतनाकी प्राप्ति और अतीन्द्रिय एवं अतिमानस सत्यका अपरोक्ष साक्षात्कार केवल प्राचीन भारतके ही कुछ अनन्यसाधारण महापुरुषोंको हुआ था, ऐसी बात नहीं है। सभी युगों और सभी देशोंमें सभी प्रकारकी पारिपार्श्विक अवस्थामें अनन्य सत्यपिपासु पुरुषोंके द्वारा सत्यका अपरोक्ष साक्षात्कार सम्भव है। भारतमें युग-युगान्तरसे ऐसे असंख्य ऋषियोंका आविर्भाव होता रहा है। उन सभीने अपनी-अपनी सत्यानुभूतिके द्वारा उपनिषद्-वाणियोंकी यथार्थताका समर्थन किया है और उसे विभिन्न भावोंसे विभिन्न भाषामें मानव-समाजमें प्रचारित किया है। सभी देशोंके अपरोक्षानुभूति-सम्पन्न महापुरुषोंने ऐसा ही किया है। भारतीय संस्कृतिकी यह विशेषता है कि इस विशाल देशकी बहुमुखी साधना और सभ्यता उस ऋषिचेतना-लब्ध तत्त्वानुभूतिके ऊपर प्रतिष्ठित है। भारतका साहित्य और शिल्प, विज्ञान और दर्शन, कुल-धर्म, जाति-धर्म और समाज-धर्म, राष्ट्र-नीति, अर्थ-नीति, स्वास्थ्य-नीति और व्यवहार-नीति—इन सभीका निर्माण और प्रसार उपनिषद्-ज्ञानको मानव-जीवनके परम आदर्शरूपमें मानकर ही हुआ है। उपनिषद् ही भारतीय संस्कृतिके प्राणस्वरूप हैं। इसीसे भारतीय संस्कृतिको 'आर्य-संस्कृति' कहा जाता है। समस्त वेदोंका अर्थात् समस्त ज्ञानका जो चरम सत्य है, वही उपनिषदोंमें समुज्ज्वल रूपमें प्रकट है; इसीसे उपनिषद्‌का प्रसिद्ध नाम वेदान्त (वेद या ज्ञानका अन्त अथवा शिरोभाग) है, एवं वेदान्त ही सब प्रकारकी भारतीय साधनाओंकी भित्ति है। इसीसे जगत्‌में भारतीय वेदान्ती-जातिके नामसे विख्यात हैं।

राग-द्वेषशून्य, हिंसा-घृणा-भय-विरहित, देहेन्द्रिय-मनकी अधीनतासे मुक्त, जात्यभिमान-सम्प्रदायाभिमान प्रभृति सङ्कीर्णताओंसे अतीत, शुद्धहृदय, शुद्धबुद्धि, समाहितचित्त ऋषियोंकी भ्रम-प्रमादादिशून्य दिव्य सत्यानुभूतिको केन्द्र बनाकर ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता युग-युगान्तरोंमें निर्मित हुई है। यही भारतीय संस्कृति और सभ्यताका प्रधान गौरव है। सहस्रों वर्षोंसे लगातार यह औपनिषद ज्ञान भारतीय साधनाक्षेत्रमें समस्त नर-नारियोंके अशेष विचित्रतामय जीवनमें सब प्रकारके जागतिक ज्ञान, लौकिक कर्म और हृदयगत भावप्रवाहको आश्चर्यजनक रूपसे अनुप्राणित करता आ रहा है। सभीपर इसका अक्षुण्ण शासन है। यहाँतक कि, इस देशके राग-द्वेषादियुक्त देहेन्द्रिय-मन-बुद्धि-हृदयपर भी औपनिषद आदर्शका असीम प्रभाव है। भारतीय जीवनके सभी विभागोंमें उपनिषद् चिरञ्जीवी है। जान या अनजानमें प्रत्येक नर-नारीके जीवनपर इसका अचिन्त्य प्रभाव है। भारतका सम्पूर्ण वातावरण ही उपनिषद्‌के ज्ञानादर्शके द्वारा संजीवित है।

सभी युगोंकी सम्यक् प्रबुद्ध ऋषि-चेतनामें विश्व-जगत्‌का यथार्थ स्वरूप प्रतिभात होता है और इन कतिपय उपनिषद्-ग्रन्थोंमें वाणीरूपमें वही स्वरूप प्रकट हुआ है, इस सम्बन्धमें किञ्चित् आभास इस लेखके द्वारा मिल सकता है।

प्रथमतः हमारे इन्द्रिय-मनके द्वारा उपलब्ध ज्ञानने इस विश्व-जगत्‌को अनन्त विषमताओंसे पूर्ण देख पाया है। उसने समझा है कि विभिन्न स्वभावयुक्त असंख्य पदार्थोंके संघर्ष और समन्वयसे ही इस जगत्‌का संगठन हुआ है; इसमें

इतने भेद हैं, इतने द्वन्द्व हैं, इतने कार्यकारण-सम्बन्ध और इतनी नियम-शृङ्खलाएँ हैं कि जिनका कहीं भी कोई अन्त नहीं मिलता; परंतु ऋषियोंकी अतीन्द्रिय और अतिमानस विशुद्ध चेतनाको दिखायी देता है कि यह विश्व-जगत् मूलतः या तत्त्वतः एक है, एक ही अखण्ड सत्ता विभिन्न सत्ताओंके रूपमें इन्द्रिय-मनके सम्मुख प्रतीत होती है—इन्द्रिय-मनोगोचर जितने भी विभिन्न पदार्थ हैं, सब एक अद्वितीय नित्य सत्य निर्विकार तत्त्वके ही विभिन्न रूपों और विभिन्न नामोंमें आत्मप्रकाश हैं, एकहीसे सबका प्राकट्य है, एकके ही आश्रयसे सबकी स्थिति है, एककी सत्तासे ही सब नियन्त्रित हैं और परिणाममें सब एकमें ही विलीन हो जाते हैं, एकके अतिरिक्त दूसरा कोई स्वतन्त्र पदार्थ है ही नहीं। इस प्रकार वे स्थावर-जङ्गम सभी पदार्थोंमें नित्य सत्य एक अद्वितीय वस्तु-तत्त्वको देखते हैं। उनकी चेतनासे भेदज्ञान सर्वथा दूर हो जाता है। एक ही बहुका—अनन्तका यथार्थ स्वरूप है—यह उपनिषद्का प्रथम सत्य है।

द्वितीयतः हमारे ज्ञानमें जीव और जडका—चेतन और अचेतनका भेद है। हम कभी इसका अतिक्रम नहीं कर सकते। पर ऋषियोंका अनुभव है कि यह विश्व-जगत् तत्त्वतः चैतन्यमय है। जिस एक अद्वितीय सद्वस्तुकी सत्तासे विश्व-जगत् सत्तावान् है, वही सद्वस्तु चित्-स्वरूप है—स्वयंप्रकाश है। दूसरेके प्रकाशसे जिसका प्रकाश हो, दूसरेके सम्बन्धसे ही जिसका परिचय हो और दूसरेके ज्ञानमें प्रतिभात होनेसे ही जिसकी सत्ता हो, उसीको 'जड' कहते हैं। चेतनके आश्रय और सत्तासे ही जडका प्रकाश और सत्ता है। समस्त विश्व-जगत्के मूलमें जो एक वस्तु है, जिसका दूसरा कोई न आश्रय है और न प्रकाशक है, अपनी सत्तासे ही जिसकी सत्ता है, अपने प्रकाशसे ही जिसका प्रकाश है, जो अपनेको ही अपना अनन्त विभिन्नतामय विश्व-जगत्के रूपमें परिचय दे रहा है,—वह अद्वितीय तत्त्व निश्चय ही स्वप्रकाश चैतन्यमय है। ऋषि-चेतना सम्पूर्ण जडमें उस एक चैतन्यस्वरूपको ही देखती है। ऋषिगण, एक अद्वितीय नित्य चैतन्यमय सद्वस्तुको ही इन्द्रिय-मनके सम्मुख विभिन्न जीवों और जड-पदार्थोंके रूपमें—चेतनाचेतन अनन्त विचित्र वस्तुओंके रूपमें लीला करते देखते हैं। चेतन ही जडका यथार्थ स्वरूप है, यही उपनिषद्का द्वितीय सत्य है।

तृतीयतः हमारे साधारण ज्ञानमें सभी विषय ससीम, सादि (आदिवान्) और सान्त (अन्तवान्) हैं। इन्द्रिय-मनकी अधीनताके पाशमें बँधी हुई हमारी चेतनाके सम्मुख असीम, अनादि और अनन्त कभी वास्तविक सत्यके रूपमें प्रतीत होता ही नहीं। अपनी ज्ञानलब्ध ससीमता, सादित्व और सान्तत्वका निषेध करके हम असीमत्व, अनादित्व और अनन्तत्वकी एक अभावात्मक कल्पना किया करते हैं। इस कल्पित असीम, अनादि और अनन्तमें और वास्तविक ससीम, सादि और सान्तमें एक भारी भेद है, इस कल्पनाका भी हम अतिक्रमण नहीं कर पाते। अगणित देशकाल-परिच्छिन्न ससीम, सादि और सान्त पदार्थोंकी समष्टि-कल्पना करनेपर हमारे लिये देश-कालातीत असीम अनादि और अनन्तकी धारणा करना सम्भव नहीं होता। ऋषि-चेतनाकी अतीन्द्रिय अतिमानस अनुभूतिमें साधारण ज्ञानकी यह असमर्थता नहीं रहती। इस चेतनामें देशकालातीत असीम अनादि अनन्त एक अद्वितीय अपरिणामी तत्त्व समुज्ज्वल-रूपसे प्रकट रहता है—अभावरूपमें नहीं, भावरूपमें—ज्ञानगोचर वास्तवको निषेध करके नहीं, वास्तवसमूहको कल्पनासे समष्टिबद्ध करके भी नहीं; सर्वव्यापी, सबमें अनुस्यूत, सभी भावोंमें लीलायमान, सर्वान्तरात्मा एक अखण्ड स्वप्रकाश वास्तवतम सत्यके रूपमें। असीम ही समस्त ससीमका पारमार्थिक तत्त्व है, अनादि-अनन्त ही सम्पूर्ण सादि-सान्तका तात्त्विक स्वरूप है, देश-कालातीत अपरिणामी निर्विकार एक अखण्ड चैतन्यमय परमात्मा ही देश-कालाधीन परिणामी उत्पत्ति-स्थिति-विनाशशील प्रत्येक खण्डपदार्थ-मात्रके अंदर विभिन्न विचित्र रूपोंमें लीला कर रहा है—इस अपरोक्ष-अनुभूति—प्रत्यक्ष दर्शनसे ऋषि-चेतना भरपूर हो जाती है। उन्हें ससीममात्रमें एक असीम, सादिमात्रमें एक अनादि, सान्तमात्रमें एक अनन्त, परिणाम और विकार-मात्रमें एक नित्य सत्य, अपूर्णमात्रमें एक नित्य पूर्ण सर्वत्र सदा चमकता हुआ दिखलायी पड़ता है। ससीम और असीमका भेद, सादि और अनादिका भेद, सान्त और अनन्तका भेद, इस दिव्यज्ञानमें—औपनिषद ज्ञानमें—मानो मिथ्या हो जाता है,—वह ज्ञानके निम्नस्तरमें—इन्द्रिय और मनके स्तरमें ही पड़ा रह जाता है। देशकालातीत और देश-कालाधीन असीम अनन्त एवं ससीम सान्त—नित्य और अनित्यका यह पारमार्थिक ऐक्य-दर्शन ही उपनिषद्का तृतीय सत्य है।

चतुर्थतः हमारा इन्द्रिय-मनोगोचर साधारण ज्ञान आत्मा और अनात्माके भेदको—मैं और अन्यके भेदको—व्यक्ति

और विश्वके भेदको—ज्ञाता और भोक्ता एवं ज्ञेय और भोग्य जगत्‌के भेदको तथा विभिन्न व्यक्तियोंके पारस्परिक भेदको कभी अतिक्रमण नहीं करता; परंतु ऋषि-चेतना अपने आत्मामें और अन्य समस्त मनुष्य तथा प्राणीमात्रके आत्मामें एवं समग्र विश्व-जगत्‌के आत्मामें पारमार्थिक एकत्वकी उपलब्धि करती है। वह अपनेको सभी मनुष्य, सभी प्राणी और समस्त विश्व-प्रपञ्चमें; और सब मनुष्यों, सब प्राणियों और सम्पूर्ण विश्व-प्रपञ्चको अपनेमें देखती है। एक आत्मा ही विभिन्न स्थावर-जङ्गम शरीरोंमें विभिन्न नाम-रूपोंमें, विभिन्न आकृति-प्रकृतिमें प्रतिभात हो रहा है। प्रबुद्ध ऋषि-चेतना इस सत्यका प्रत्यक्ष अनुभव करती है। अतएव इस चेतनामें अभिमान और ममता, राग और द्वेष, शत्रु-मित्रका भेदबोध, अपने-परायेका भेदभाव, हिंसा-घृणा-भय और विषय-विशेषके प्रति कामना प्रभृति कुछ भी नहीं रह सकते। इस अनुभूतिके फलस्वरूप सबके प्रति अहैतुक प्रेम और सबके प्रति आत्मबोध स्वभावसिद्ध हो जाता है। यह विश्वात्मभाव और सर्वात्मभाव उपनिषद्‌का चतुर्थ सत्य है।

जिस किसी देशमें, जिस किसी कालमें, जिस किसी पारिपार्श्विक अवस्थामें, जो कोई भी व्यक्ति राग-द्वेष-कुसंस्कारादि-से रहित होकर उपयुक्त साधनाके द्वारा इन्द्रिय-मनकी अधीनतासे अपनेको छुड़ा लेता है, उसीकी विशुद्ध चेतनाके सम्मुख विश्व-जगत्‌का और अपना यह पारमार्थिक सत्यस्वरूप प्रकट हो जाता है। यह सत्य ही सनातन सत्य है और इस सत्य-दृष्टिका अनुवर्तन करनेके लिये मनुष्यके व्यष्टि-जीवन और समष्टि-जीवनको भीतर तथा बाहरसे जिस प्रणालीके अनुसार सुनियन्त्रित होना चाहिये, उस प्रणालीका नाम ही सनातन धर्म है। सनातन धर्म विश्वजनीन है, विश्वमानवका धर्म है,—विश्वके सभी श्रेणीके नर-नारियोंको सत्यदृष्टिमें प्रतिष्ठित करानेवाला धर्म है। यह विश्वजनीन सनातन सत्य और सनातन धर्म ही विभिन्न सम्यक् सम्बुद्ध ऋषियोंके मुखोंसे विभिन्न छन्दों—विचित्र कवित्वपूर्ण गम्भीरार्थव्यञ्जक भाषाके द्वारा उपनिषद्-ग्रन्थोंमें प्रकाशित है। इन्द्रिय-मन-शृङ्खलित बुद्धिके ऊर्ध्व स्तरमें विशुद्ध चेतनाकी तत्त्वानुभूतिको इन्द्रिय-मन-बुद्धिके स्तरकी भाषामें व्यक्त किया गया है। जो सत्यपिपासु लोग इन उपनिषद्-वाणियोंके गूढ़ तात्पर्यके अनुसन्धान-पथपर चलना चाहते हैं, उन्हें अपनी चेतनाको इन्द्रिय-मन-बुद्धिके स्तरसे ऊपर ले जानेकी चेष्टा करनी पड़ेगी और ऊपर ले जाकर ही इन वाणियोंके यथार्थ तात्पर्यको समझना होगा। केवल शाब्दिक अर्थ एवं युक्ति-तर्कोंके बलपर उपनिषद्‌की वाणियोंके तात्पर्यको कभी हृदयङ्गम नहीं किया जा सकता।

सम्यक्-प्रबुद्ध ऋषि-चेतनामें प्रतिभात चरम सत्यको ही उपनिषदोंके ऋषियोंने 'ब्रह्म' कहा है। 'ब्रह्म' शब्दका शाब्दिक अर्थ है—'बृहत्तम' (बहुत बड़ा), जिससे बृहत्तरकी कोई कल्पना ही नहीं हो सकती। देशगत, काल-गत, गुणगत, शक्तिगत, सत्तागत और अवस्थागत किसी भी प्रकारकी सीमा, परिधि या शेषकी, जिसके सम्बन्धमें कोई कल्पना नहीं की जा सकती, पाश्चात्त्य-दर्शनमें जिसको Infinite Eternal Absolute कहा जाता है,—उसीका नाम 'ब्रह्म' है। 'ब्रह्म' मानवकी बौद्ध-चेतना (Intellectual Conciousness) का चरम आदर्श है, समस्त दार्शनिक ज्ञान (Philosophical Knowledge) का चरम अनुसन्धेय है। जबतक इस ब्रह्मको ज्ञानगोचर नहीं कर लिया जाता, तबतक बुद्धि कभी तृप्त नहीं हो सकती; दार्शनिक-विद्याका अनुशीलन कभी चरम सिद्धिको प्राप्त नहीं हो सकता। अथ च, बुद्धि (Intellect) स्वभावतः ही ब्रह्मका कभी साक्षात्कार नहीं कर सकती, दार्शनिक युक्तितर्क निःसन्दिग्धरूपसे कभी भी इस ब्रह्मको ज्ञानमें प्रतिष्ठित नहीं कर सकते; परंतु मानव-चेतनामें सामर्थ्य है—वह युक्तितर्कके अतीत—बुद्धिके अतीत—पारमार्थिक ज्ञानभूमिकामें उपनीत होकर ब्रह्मका साक्षात्कार कर सकती है। उस इन्द्रिय-मन-बुद्धिसे अतीत ज्ञानभूमिकी अनुभूतिका, उस ब्रह्मोपलब्धिकी भाषामयी मूर्तिका ही उपनिषदोंकी वाणीमें संग्रह किया गया है।

उपनिषदोंके ऋषियोंने यह उपलब्ध किया कि 'ब्रह्म' केवल बुद्धिका एक अनधिगम्य चरम आदर्श नहीं है, एक अवाङ्मनसगोचर अज्ञेय; किंतु आकाङ्क्षणीय तत्त्वमात्र ही नहीं है;—ब्रह्म प्रत्यक्ष सत्य है। यही नहीं, ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है। इन्द्रिय-मनोबुद्धि-गोचर विश्व-जगत् और तदङ्गीभूत समस्त चेतनाचेतन पदार्थोंका (**'यत् किञ्च जगत्यां जगत्'**) एक-मात्र यथार्थ स्वरूप ही है—ब्रह्म। ऋषियोंने प्रत्यक्ष अनुभव-के बलसे बलवान् होकर ही दृढ़ताके साथ यह घोषणा की—**'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'**। विश्वनिवासी नर-नारीमात्रको ऊँचे स्वरसे पुकारकर उपनिषद्‌के ऋषियोंने कहा—**'शृण्वन्तु**

विश्वे अमृतस्य पुत्राः' देखो, तुम जिस जगत्‌में निवास करते हो, उसका यथार्थ स्वरूप देखो—

ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ताद् ब्रह्म पश्चाद् ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण ।
अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम् ॥
(मुण्डक० २ । २ । ११)

अमृतस्वरूप (मृत्युरहित, विकाररहित, दुःखदैन्यरहित, नित्यसत्य परमानन्दघन) ब्रह्म ही इस विश्वके रूपमें लीला करता हुआ हमारे सामने, पीछे, दाहिने, बायें, ऊपर-नीचे सर्वत्र प्रसारित हो रहा है। ब्रह्म ही इस विश्वका यथार्थ स्वरूप है और ब्रह्म ही सर्वश्रेष्ठ वरणीय (जीवनका आराध्यतम आकाङ्क्षणीयतम सत्य) है। समस्त विश्वमें ब्रह्मस्वरूपकी साक्षात् उपलब्धि करनेसे ही मानव-जीवन परम कल्याणमें प्रतिष्ठित होता है।

ऋषि जब अपनी ओर देखते हैं तब अनुभव करते हैं—'**अहं ब्रह्मास्मि**' (मैं ब्रह्म हूँ।) अर्थात् मैं क्षुद्र देह-विशिष्ट, दुर्बलमनोविशिष्ट, सुख-दुःखसमन्वित, देश-काला-वस्थापरिच्छिन्न एक जीवमात्र नहीं हूँ, मैं तत्त्वतः ब्रह्म हूँ, मेरी चित् सत्ता विश्वव्यापी है, सभी मनुष्यों, सभी जीवों और सभी जड पदार्थोंकी सत्ता मेरी सत्ताके साथ नित्य एकीभूत है। मेरा भागीदार कोई नहीं है, मुझसे बड़ा या छोटा कोई नहीं है, सभी मेरी सत्ताकी कुक्षिमें हैं, कोई सुख-दुःख, जय-पराजय और अभाव-अभियोग मेरा स्पर्श नहीं कर सकता। मैं नित्य-शुद्ध-बुद्ध-मुक्तस्वभाव हूँ। सम्यक् सम्बुद्धचेतन उपनिषदनुभूतिसम्पन्न महामानव समस्त विश्व-जगत्‌के साथ अपनी चैतन्यमयी एकताका अनुभव करके आत्माके परम गौरवकी प्रतिष्ठा करता है। उपनिषद्‌ने मानवात्माकी इस गौरव-वाणीका समस्त विश्वके मानवोंमें प्रचार किया है।

ऋषियोंने जैसे अपनेको ब्रह्मस्वरूप अनुभव किया, वैसे ही सभी मनुष्यों और सभी जीवोंमें ब्रह्मका दर्शन करके प्रत्येकको प्रकटरूपसे उन्होंने यही कहा—'तत्त्वमसि' (तुम वही ब्रह्म हो)। उन्होंने मानवमात्रके चित्तमें ब्रह्म-चेतनाको जाग्रत् करनेका प्रयास किया। ब्रह्म-चेतनाके जाग्रत् होनेपर मनुष्योंमें परस्पर भेद-विसंवाद नहीं रह सकता। सभी शरीरोंमें एक ही आत्माकी अनुभूति होनेपर मन-बुद्धि-हृदय अभेदज्ञान एवं प्रेमसे भर जाते हैं। जाति-भेद, सम्प्रदाय-भेद, उच्च-नीच-भेद, हेयोपादेय-भेद सभी मनसे मिट जाते हैं। समस्त विश्व ब्रह्मधाम, सच्चिदानन्दधाम, सौन्दर्य-माधुर्य-सिन्धु बनकर आस्वाद्य हो जाता है। उपनिषद् विश्वके सभी नर-नारियोंको ब्रह्मभावसे भावित होकर प्रेमानन्दमय ब्रह्मधामके निवासी होनेके लिये आह्वान कर रहे हैं।

प्रत्येक मनुष्य, प्रत्येक जीव, प्रत्येक पदार्थ और भूत-भविष्य-वर्तमानके समस्त मनुष्य, सभी प्राणी और सभी पदार्थोंके समष्टिभूत विश्व-जगत्‌के यथार्थ तात्त्विक स्वरूपको उपनिषदोंने जैसे '**सत्यं ज्ञानमनन्तम्**' (सत्य, ज्ञान और अनन्त) बतलाया है, वैसे ही उसे 'रसमय' मानकर आस्वादन किया है,—'**रसो वै सः**।' ब्रह्म रसस्वरूप है, परमास्वाद्य-स्वरूप है, परम सौन्दर्य-माधुर्य-निकेतन है, परम प्रेमास्पद है। यह रसस्वरूप ब्रह्म ही वैचित्र्यमय जगत्‌में विभिन्न रूपोंमें प्रकट होकर अनादि-अनन्तकाल आत्मरमण, आत्मविलास, आत्म-रसास्वादन कर रहा है। विश्व-जगत्‌में सर्वत्र ही रसका विलास है, सर्वत्र ही आनन्दकी क्रीड़ा है। विश्वमें जितने भी संघर्ष, जीवन-संग्राम, घात-प्रतिघात और आपात-बीभत्सतामय युद्ध-विग्रह प्रभृति होते हैं, उन सबमें भी एक अनन्त चैतन्य-घन रसस्वरूप ब्रह्मका ही विचित्र रसविलास चलता है—उसीका रस-प्रवाह बहता है। उपनिषद्‌की दृष्टिमें सभी रस-मय हैं, सभी सुन्दर हैं, सभी आस्वाद्य हैं। आनन्दरूपमें, विज्ञानरूपमें, मनरूपमें, प्राणरूपमें, अन्न या भोग्य जड पदार्थरूपमें भी एक रसामृतसिन्धु ब्रह्मकी ही आत्माभिव्यक्ति और आत्मास्वादन हो रहा है (**'आनन्दं ब्रह्म' 'विज्ञानं ब्रह्म,' 'मनो ब्रह्म,' 'प्राणो ब्रह्म,' 'अन्नं ब्रह्म'**) सम्बुद्ध मानव-चेतनाकी अनुभूतिमें समस्त विश्व-जगत् ही प्रेम और आनन्दके सहित आस्वाद्य है।

संसारमें ऐसे दो प्रकारके पुरुष बिरले ही होते हैं

१—जिसने जो माँगा, उसको वही दे देनेवाले।

२—स्वयं कभी किसीसे कुछ भी न माँगनेवाले।

उपनिषद्-रहस्य

(लेखक—आचार्य श्रीक्षेत्रलाल साहा, एम्० ए०)

हमलोग पाश्चात्य विज्ञानकी बातें सोच-सोचकर आश्चर्यमें डूब जाते हैं। इसीसे आज पाश्चात्य वैज्ञानिकोंके गौरव-गानसे भारतका गगनमण्डल मुखरित है। सैकड़ों-सहस्रों परीक्षालय और सैकड़ों-सहस्रों लेबोरेटरियाँ बनी हैं; अपूर्व अगणित यन्त्रसमूह, सुन्दर-सुन्दर एपारेटस स्थान-स्थानपर सजे रक्खे हैं; विचित्र विद्युदाधार, विपुल रासायनिक सामग्रियाँ, प्रकाण्ड दूरवीक्षणयन्त्र, निपुणनिर्मित अणु-वीक्षणयन्त्र—सारांश यह कि चारों ओर विशाल विज्ञान-समारोह है। महान् आयोजन है!

इस विज्ञानयज्ञके धूम्रसे, धूसर छायासे और इसके अकल्याणमय आलोकसे संसार परिपूर्ण है, और साथ ही भारतवर्ष भी। इस अमङ्गल-विज्ञान-व्यापारके विपरीत एक महान् व्यापार प्राचीन कालके भारतवर्षमें था और अब भी है। यह भी एक सुमहान् विज्ञान-आयोजन है। ज्ञान-विज्ञानकी अति महती सामग्री-सज्जा है। महान् गभीर विज्ञान-विद्यानुशीलन—दिग्दिगन्तव्यापी विज्ञानाभियान है। जल-स्थल, जड-चेतन, चर-अचर, अनिल-अनल, सरित्-सागर, ग्रह-नक्षत्र, विद्युत्-नीहारिका, तरु-लता, पशु-पक्षी, कीट-पतङ्ग, प्राण-मन, मस्तिष्क-हृदय, यहाँतक कि शरीरके प्रत्येक स्नायुमें यह विशाल विज्ञान-अनुसन्धान प्रचलित था, अब भी समाप्त नहीं हुआ है—इस भारतवर्षमें।

इस अनुसन्धानके और इस अनुसन्धानसे उपलब्ध ज्ञान-विज्ञान और प्रज्ञानराज्यके जीवन्त, ज्वलन्त, अनन्त इतिहास, आख्यान, व्याख्यान, वितर्क-विचार, विवरण-विश्लेषण हैं—भारतके वेद, उपनिषद्, पुराण, तन्त्र और दर्शनादि शास्त्र। पाश्चात्य विज्ञान है—जडविज्ञान, प्रपञ्च-विज्ञान और बाह्य जगत्का विज्ञान। तथाकथित मनोविज्ञान, प्राणविज्ञान आदि जो कुछ है, सभी वह बाह्य विज्ञान—जडविज्ञान है, जिसका निश्चित फल है—अन्धकारमें प्रवेश, अन्तरके समस्त अमृत-आलोकका निर्वाण एवं नित्य मृत्युके दासत्वकी प्राप्ति। यही बाइबिल-कथित ज्ञानवृक्षका फल है। जो खायेगा, उसीको मृत्युका किङ्कर बनना पड़ेगा!

परंतु भारतवर्षकी जो असंख्य प्रवाहमयी विज्ञानविद्या है, वह जडविज्ञान नहीं है; वह है चिद्विज्ञान; बाह्य वस्तु-विज्ञान नहीं है, वह है—आध्यात्मिक विज्ञान, नित्य तत्त्व-विज्ञान, सच्चिदानन्द-विज्ञान, अमृत-विज्ञान, आत्म-विज्ञान, ब्रह्म-विज्ञान और भगवद्-विज्ञान। वह है—सृष्टि-स्थिति, प्रलय, भूर्भुवःस्वरादि लोक, देव-दानव-गन्धर्वादि जीव-जाति, जन्म-जरा-मृत्यु, सुख-दुःख, पाप-पुण्य और भगवत्स्वरूप-धाम-लीला-परिकर आदिका परमाश्चर्य-विज्ञान; एवं वह है इन उपनिषद्-पुराणादि शास्त्रोंमें! यहाँ जो 'विज्ञान' शब्दका व्यवहार किया गया है, सो यह शब्दमात्र नहीं है। फिजिक्स, केमिस्ट्री आदि जिस अर्थमें विज्ञान हैं, उपनिषद्-पुराण-तन्त्रादि भी उसी अर्थमें विज्ञान हैं। यह कल्पना नहीं है, स्वप्न नहीं है। यह सत्य है, अभ्रान्त सत्य है। यह परीक्षित वस्तुसत्ताकी अव्यभिचारिता है, जिसका न व्यत्यय है, न व्यतिक्रम है। जिसकी नीति-प्रणालीमें भी अन्यथा नहीं है। नियमित नित्यताबद्ध विषय है। यही विज्ञानका अर्थ है। गभीर भावसे विचार करनेपर भारतीय अध्यात्म-विज्ञान इसी अर्थसे युक्त है। श्रीमद्भागवतमें वेदको 'प्रपञ्चनिर्माणविधि' बतलाया गया है। अर्थात् वेदमें प्रकृतिके नियमोंका विचार-विवेचन भरा है। अतएव वेदादि शास्त्र विज्ञानशास्त्र हैं।

पाश्चात्य-विज्ञान-परीक्षागार 'यन्त्रयोग'को अर्थात् एक्स-पेरिमेंटको लेकर चलता है और यह भारतीय विज्ञान विशोधित चित्तागार 'योगयन्त्र'को अर्थात् यम-नियम-आसन-प्राणायाम-प्रत्याहार-ध्यान-धारणा-समाधिके उस आश्चर्यमय अव्यर्थ एक्सपेरिमेंटको लेकर चलता है, जो अपने निर्मल आलोकसे दसों दिशाओंको उद्भासित करके अचिन्तितपूर्व सत्यसमूहको प्रकाशित करता है—समस्त भ्रान्तियोंको दूर करता है। पाश्चात्य-विज्ञान प्रपञ्च-सर्वस्व है अर्थात् इस दृश्यमान जगत्के अतिरिक्त अन्य किसीके अस्तित्वको स्वीकार नहीं करता। कठोपनिषद्की भाषामें वह—

'अयं लोको नास्ति पर इति मानी' (१।२।६)

—है। भारतीय विज्ञान इस विश्व-जगत्को तामसिक सत्य मानता है, तम समझता है, प्रकाश होनेपर भी यह अनाद्यनन्त ज्योतिकी तुलनामें तमोवत् है। यथार्थ सत्य और ज्योतिर्मय जगत् इस तमोयवनिकासे आच्छन्न है।—

'आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।' (श्वेताश्वतर० ३।८)

—उस सहस्रों सूर्यसदृश ज्योतिकी एक किरणमात्र भी दीख जाती है तो मर्त्य जीव अमृत हो जाता है।

'तमेव विदित्वा अतिमृत्युमेति ।' (श्वेताश्वतर० ३ । ८)

—भारतीय विज्ञान इस अमृत-ज्योतिर्जगत्‌को लेकर चलता है । कम-से-कम दस सहस्र वर्ष हो गये—शत सहस्र कहें तो भी क्षति नहीं है । पाश्चात्य इतिहासकी दृष्टि तो अत्यन्त ह्रस्व है ।

इस उपनिषद्-निबन्धके लिये यह यत्किञ्चित् भूमिका है । हाँ उपनिषद्‌के काल-निर्णयकी कोई चेष्टा नहीं की जायगी; क्योंकि यह बहुत बड़ा विषय है । एक बृहत् ग्रन्थमें भी उसकी यत्किञ्चित् ही आलोचना हो सकती है । उपनिषदें इतनी प्राचीन हैं कि वे ऐतिहासिक भावनाके अतीत हैं । चपलचित्त पण्डित जो कुछ भी कहें । समग्रतः उपनिषदोंके पन्ने उलटनेपर उनमें एक सुदीर्घ विकास-विवर्त्तधारा दृष्टिगोचर होती है । एक महान् एवोल्यूशन है । विशाल विज्ञानपट है । एक विचित्र चिद्‌विद्या-चित्रपट धीरे-धीरे खुल रहा है । इसका आरम्भ होता है छान्दोग्योपनिषद्‌से । छान्दोग्योपनिषद् ही समस्त उपनिषद्-शास्त्रकी भित्तिभूमि है । उपनिषद्‌का क्या उद्देश्य है, औपनिषदिक अध्यात्म-अनुसन्धानकी कौन-कौन-सी प्रणाली-पद्धति है, उपनिषद्-विज्ञानसे उपलब्ध अर्थनियम किस प्रकारके हैं, और उपनिषद्‌की अन्वेषणविधि किस प्रकार आगे चलती है—छान्दोग्योपनिषद्‌के अध्ययनसे हम इन समस्त विषयोंकी प्रत्यक्ष धारणा कर सकते हैं । छान्दोग्यकी प्रणाली विशेषरूपसे प्रतिलोम-प्रणाली है । यह ग्रन्थ एक उत्कृष्ट Inductive Spiritual Science है ।

एषां भूतानां पृथिवी रसः । पृथिव्या आपो रसः । अपामोषधयो रसः । (छान्दोग्य० १ । १ । २)

इस प्रकार अनुसन्धान आरम्भ होता है और यह अनुसन्धान समाप्त होता है—

श्यामाच्छबलं प्रपद्ये शबलाच्छ्यामं प्रपद्ये—

(छान्दोग्य० ८ । १३ । १)

—इत्यादिमें जाकर । पृथिवीके जल-वायु-तरु-लताको ढूँढ़-ढूँढ़कर, बार-बार निरीक्षण कर, चित्रपटकी लैबोरेटरीमें पुनः-पुनः एक्सपेरिमेंट कर, आकाश-वायु-मेघ-विद्युत्-चन्द्र-सूर्य-ग्रह-नक्षत्र, जीवके देह-इन्द्रिय-मन-प्राणके कोने-कोनेमें घूम-घूमकर अन्तरके अन्तस्तलमें श्यामवर्ण परब्रह्म परमात्माके दर्शन किये थे छान्दोग्यके ऋषि-वैज्ञानिकने ।

उनका क्या उद्देश्य था, वे क्या आविष्कार करना चाहते थे, इसपर उन्होंने स्पष्ट कहा है—

अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशस्तस्मिन् यदन्तस्तदन्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यमिति । (छान्दोग्य० ८ । १ । १)

'यह मानव-शरीर ब्रह्मपुर है । इसके भीतर एक क्षुद्र कमलकुसुमाकार गृह है । उसके भीतर एक छोटा-सा आकाश है । उसके अंदर एक निगूढ़ रहस्य है, उसीको जानना होगा । उसीका अन्वेषण करना होगा ।' यह अनुसन्धान उपनिषद्‌में सर्वत्र है । यह है सत्यानुसन्धान, तत्त्वानुसन्धान, ब्रह्मानुसन्धान या आत्मानुसन्धान । छान्दोग्यकी प्रणाली केवल प्रतिलोम—इंडक्टिव ही है । इसके पश्चात् सर्वत्र प्रतिलोम-अनुलोम, इंडक्टिव-डिडक्टिव मिश्रित है; किंतु अनुलोम-प्रधान है ।

छान्दोग्यके पश्चात् छान्दोग्यके समीपवर्ती राज्यमें बृहदारण्यक है ।

आत्मैवेदमग्र आसीत् पुरुषविधःXXX (१ । ४ । १)
स वै नैव रेमेXX स द्वितीयमैच्छत्XX । (१ । ४ । ३)
द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं चXXX (२ । ३ । १)
'तस्य हैतस्य पुरुषस्य रूपम् । यथा माहारजनं वासो यथा पाण्डवाविकं यथेन्द्रगोपो यथाग्न्यर्चिर्यथा पुण्डरीकं यथा सकृदविद्युत् ।' (२ । ३ । ६)

'सृष्टिसे पूर्व यह विश्व पुरुषरूपमें था । पुरुष बिल्कुल अकेला था । अकेलेमें उसे कोई आनन्द नहीं था, उसने दूसरेके संगकी कामना की । परब्रह्मके दो रूप हैं—मूर्त और अमूर्त । अर्थात् दृश्य और अदृश्य । परब्रह्म पुरुषका रूप है जैसे उज्ज्वल पीतवर्ण, उसका परिधान है पाण्डुवर्ण, कभी वह इन्द्रगोप (लाल रंगका एक कीट) कीटके सदृश लाल वर्णका प्रतीत होता है । कभी अग्निकी ज्वालाके वर्णका, कभी कमल-वर्णका और फिर कभी अचञ्चल बिजलीके समान चमकदार[1] ।'

दीर्घकालव्यापी अनुसन्धानके बाद जो सन्धान प्राप्त कर चुके हैं, देख चुके हैं, वे ही इस प्रकारका स्पष्ट वर्णन कर सकते हैं । छान्दोग्यके परवर्ती बृहदारण्यककी ब्रह्मोपलब्धिका यह परिचय है । अन्वेषणके तीन स्तर हैं—अनुसन्धान, अनुभव और उपलब्धि । ज्ञानाकाङ्क्षा, ज्ञान और विज्ञान । कभी-कभी तीनों वृत्तियाँ एक साथ ही चलती हैं—

१. ऋषिको क्या श्रीराधाकृष्णके रूपका दूराभास हो रहा था । बिल्वमङ्गल कहते हैं—'मारः स्वयं नु मधुरद्युतिमण्डलं नु माधुर्यमेव नु मनोनयनामृतं नु ।'

अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मधु । अस्य वायोः सर्वाणि भूतानि मधु । यश्चायं अस्मिन् वायौ तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं प्राणस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषः । अयमेव स योऽयमात्मा । इदममृतम् । इदं ब्रह्मेदं सर्वम् ॥ (२ । ५ । ४)

'वायु समस्त भूतोंका मधु है । समस्त भूत इस वायुके मधु हैं । इस वायुके अंदर एक तेजोमय पुरुष विराजित हैं, उनके अन्तरतरमें एक तेजोमय अमृतमय पुरुष विद्यमान हैं । उनके भी प्राणस्वरूप एक तेजोमय अमृतमय पुरुष हैं, वे ही आत्मा हैं, वे ही अमृत हैं, वे ही ब्रह्म हैं, वे ही सब हैं ।'

ऐसी बात नहीं है कि छान्दोग्यमें स्पष्ट प्रकाश नहीं है; परंतु साधारणतः छान्दोग्यकी किरणें कुछ छायासे ढकी हैं । किञ्चित् परोक्ष-भावापन्न हैं । ऋषि और परब्रह्म परमात्माके बीचमें जगत्-प्रपञ्चकी यवनिका है । यवनिकाका आवरण सूक्ष्म और स्वच्छ हो गया है । ब्रह्मज्योतिकी रश्मिराशि यवनिकाका भेद करके ऋषिके नेत्रोंमें घन-घन प्रकाशित होती है । यवनिका उठी तो है ही नहीं, कहीं तनिक-सी फटी भी नहीं है । इसीसे ब्रह्मका कोई भी वैभव साक्षात् रूपमें नहीं दिखायी देता है । केवल प्रकाश, अस्फुट स्फटिकीकृत जगत्से विकीर्ण आभाससमूह ही चारों ओर चमक रहा है ।

ऋषि देख रहे हैं कि सूर्य देवताओंका मधुभाण्ड है । किरणें मधुकोष (छत्ते) हैं जो पूर्व दिशासे विच्छुरित हो रही हैं । ऋक्के मन्त्र मधुमक्षिका हैं । ऋग्वेदोक्त यज्ञ मधुपूर्ण पुष्प हैं । यज्ञसे उत्पन्न शक्ति, यश, तेज, वीर्य आदिकी उज्ज्वल छटाको ऋषियोंने देखा सूर्यके लोहितरूपमें । दक्षिण दिशाकी किरणराशि दक्षिणका मधुकोष है । यजुःके मन्त्र मधुमक्षिका हैं । यजुर्वेदोक्त यज्ञ मधुपूर्ण पुष्प हैं । सूर्यकी शुक्ल ज्योतिराशि ऋषियोंके देह-मन-प्राणकी दीप्ति है । यज्ञ सम्पादनजनित ब्रह्मवर्चस् है । पश्चिम दिशामें सूर्य-किरणोंकी कृष्ण प्रभा है । उत्तरमें और भी घनतर कृष्ण वर्ण है । (छान्दोग्य० ३ । १ । ४) । सूर्य-ज्योति अमृतमय है । वसुगण सूर्यका लोहित वर्ण अमृत-रस पान करते हैं । देवगण अमृतको देखकर ही तृप्त होते हैं । आदित्यगण सूर्यकी कृष्णवर्ण किरणोंमें परिप्लुत अमृतका पान करते हैं । मरुद्गण घन-कृष्णज्योति अमृत-पान करते हैं । इस प्रकार विभिन्न रूपसे नाना प्रकारसे प्रतिबिम्बित, विकीर्ण, विच्छुरित और विक्षिप्त हुई ब्रह्मज्योति ऋषियोंके देह-मन-प्राण और अन्तर्हृदयमें अविरत झाँकी दे रही है । यह कल्पना नहीं है, कवित्व नहीं है । ज्ञानघन विज्ञानदीप्त अनुभव है । दिव्य उपलब्धि है । ऋषियोंने ब्रह्मप्रतिविम्ब-प्रभाको, सुरम्य अतीन्द्रियग्राह्य इन्द्रधनुषकी वर्णच्छटाको जैसा-जैसा देखा है, वैसा-वैसा ही लिखा है । यह सब तत्त्व प्राकृत इन्द्रियगोचर नहीं होता । ध्यान, धारणा और समाधिके मार्गसे प्राप्त होता है—

ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्
देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम् ॥
(श्वेताश्वतर० १ । ३)

दिव्यशक्ति आत्मशक्ति ब्रह्मशक्ति त्रिगुणमय भूतसमुदायके द्वारा आच्छादित हो रही है । उसीकी विच्छुरित विभाको ध्यानदृष्टिके द्वारा ऋषियोंने देखा था ।

हम उपनिषत्-साहित्यविज्ञानके क्रम-विकासकी बात कहते हैं। छान्दोग्यके बाद बृहदारण्यक है । बीचमें 'ऐतरेय' और 'प्रश्न' हैं । छान्दोग्यकी दृष्टि समष्टि-दृष्टि है, विश्व-दृष्टि है, अखण्ड ज्ञानसम्पत्, अविभक्त भाव-वैभव है । उद्गीथोपासना, सामोपासना, प्राणोपासना, मधुविद्या, गायत्रीविद्या, पञ्चाहुतिविद्या, दहरविद्या—इस प्रकार छान्दोग्यके ऋषिने जिस किसी भी विज्ञान-विषयका अवलम्बन किया है, उसीमें समग्रता ला दी है । उसीको विश्वग्राही बना दिया है । मातृ-गर्भसे जो सन्तानकी उत्पत्ति होती है, उसके पीछे जो ब्रह्मभाव है, उसके अनुभवके लिये महर्षिने एक विराट् भावशृङ्खलाका आविष्कार किया है ।

निगूढ सम्बन्धयुक्त पाँच यज्ञ हैं, पाँच आहुति हैं । नक्षत्रलोक अग्नि है, सूर्य उसका समिध् है । देवगण श्रद्धापूर्वक सूक्ष्माहुति रसपूर्ण स्निग्ध अमृतके द्वारा यज्ञसम्पादन करते हैं । सोमराज चन्द्रका अर्थात् रसाधिदेवताका जन्म होता है । पर्जन्य अर्थात् सलिल शोषणशक्ति अग्नि है, वायु उसका समिध्—यज्ञकाष्ठ है । देवतागण उसमें राजा सोमकी—जो चन्द्रशक्ति है उसीकी आहुति देते हैं, वही वृष्टिका कारण होता है । पृथिवी अग्नि है, संवत्सर अर्थात् षड्ऋतु समिध् है । देवता वर्षाकी आहुति देकर यज्ञ करते हैं । उससे अन्नकी उत्पत्ति होती है । पुरुष अग्नि है । वाक् समिध् है, देवतागण अन्नकी आहुति देकर यज्ञ करते हैं । स्त्री अग्नि है । पुरुष समिध् है । देवतागण शुक्रसिञ्चनरूप आहुति देकर यज्ञ करते हैं, उससे शिशुकी उत्पत्ति होती है । (५ । ५—८) यह दर्शन, विज्ञान और कवित्व है ।

ऐतरेय उपनिषद्का ब्रह्मज्ञान असीम आकाशसे उतरकर नीचे नहीं आता । यहाँ दृष्टिका दिङ्मण्डल सीमाबद्ध हो गया

है। ऋषि परमपुरुषके सृष्टिलीला-तत्त्वको देख रहे हैं। विराट् पुरुषके आविर्भावको देख रहे हैं।

'सोऽद्भ्य एव पुरुषं समुद्धृत्यामूर्छयत्।'

(ऐतरेय० १। ३)

परम पुरुषकी इच्छाके प्रभावसे अखिल वेद-विद्या-विभावित अखिल सृष्टि-शक्तिसमन्वित विराट् पुरुष अनन्त विस्तारवाले कारण-सलिलसे आविर्भूत होकर मूर्तिमान् हो गया है। यह अन्वेषणकी बात नहीं है, आविष्कारकी बात है। ज्ञानकी बात है। अनुमानकी बात नहीं है, प्रत्यक्षकी बात है। भूतेन्द्रिय देवतामयी त्रिविध सृष्टि है। अग्नि-वाक्-मुख, वायु-प्राण-नासिका, आदित्य-दृष्टिशक्ति-चक्षु इत्यादि क्रमसे समष्टि पुरुषके अङ्ग-प्रत्यङ्गकी उत्पत्ति होती है। विश्वमें चक्षुशक्ति एक है। वही शक्ति सभी चक्षुओंकी—सभी आँखोंकी सृष्टि करती है। इसी प्रकार श्रवणशक्ति, घ्राणशक्ति, वाक्शक्ति प्रभृति एक-एक शक्ति समष्टि-रूपिणी है। शक्तिमात्र ही व्यक्ति और देवता है। समष्टिशक्ति, व्यष्टिशक्ति, इन्द्रियादिको उद्भावित करती है। ऋषिने धीरे-धीरे मन-बुद्धि-हृदयका प्राकट्य देखा। तदनन्तर हृदय और मनसे आत्माका आभास प्राप्त किया। पश्चात् आत्मज्योतिने जिन-जिन भावों-रूपोंमें आत्मप्रकाश किया उसको भी देखा। बस, अज्ञान दूर हो गया। अब संज्ञान, आज्ञान, विज्ञान, प्रज्ञान, मेधा, धृति, मति, मनीषा, स्मृति, सङ्कल्प, क्रतु और काम आदि आत्माकी रश्मियाँ दृष्टिगोचर होने लगीं।

छान्दोग्यके ऋषिने सुदूर दर्शनदृष्टिसे नक्षत्र-नभोमण्डलमें शिशुका जन्म देखा था, ऐतरेयके वैज्ञानिकने पृथिवीके घर-घरमें शिशुका जन्म देखा। केवल गर्भ नहीं, माताकी गोदमें कुमार-का हँसता हुआ मुख देखा। दम्पतिकी प्रीति देखी।

'सा भावयित्री भावयितव्या भवति।'

(ऐतरेय० ४। ३)

परंतु उनकी ब्रह्मदृष्टि वैसी ही बनी है। ब्रह्मसूत्रके रचयिता श्रीबादरायण कहते हैं—

'ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात्।' (४। १। ५)

—इस ऋषिके अन्तरमें भी यही बात है—

'यत्किञ्चेदं प्राणि जङ्गमं च पतत्रि च यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रं प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं ·····प्रज्ञानं ब्रह्म।'

(ऐतरेय० ५। ३)

प्रश्नोपनिषद्में मिलती है एक ओर जिज्ञासा और दूसरी ओर ज्ञान-विज्ञान। दोनोंका सम्मिलन है। प्रश्नके बाद प्रश्न, उत्तरके बाद उत्तर हैं। जीवगण कहाँसे आते हैं? प्रजापतिने सर्वप्रथम रयि और प्राणकी सृष्टि की। प्राण आदित्य है या आदित्यमें है। रयि चन्द्रमा है या चन्द्रमामें है। उत्पत्तिकी बात संक्षेपसे कहकर ऋषिने उत्क्रमणकी अर्थात् जीवनान्तमें जीवगतिकी बात कही। दूसरा प्रश्न है—प्रजाकी रक्षा कौन करता है? जीवनी शक्ति कौन देता है? इन्द्रियाधिपति देवता हैं। प्राणाधिपति सबमें श्रेष्ठ है। सभी प्राणके अधीन हैं। आदित्य, वायु, अग्नि, इन्द्र, वरुणादि देवता जीव-जीवनकी रक्षा करते हैं। प्राण कहाँसे आता है? जीव देहमें किस प्रकारसे रहता है? प्राणमें कौन-कौन-सी क्रियाएँ हैं? प्राण-अपान-समान-उदान-व्यान कौन क्या करता है? नाड़ीजालके साथ प्राणका घनिष्ठ सम्बन्ध है। तदनन्तर जागरण, स्वप्न, सुषुप्तिका प्रसंग है। ऋषिकी दृष्टि सदा ही सुदूरगामिनी है।

मनो ह वाव यजमान इष्टफलमेवोदानः स एनं यजमानमहरहर्ब्रह्म गमयति। (प्रश्न० ४। ४)

इसके पश्चात् ओंकारका प्रसङ्ग है और तद्भावनाके द्वारा किस प्रकार कौन-कौनसे लोक जय किये जाते हैं।

माण्डूक्योपनिषद्में विज्ञान और भी अन्तरतर और अन्तर्मुखी है। ॐकार एवं आत्माकी बात है।

'सर्वमोङ्कार एव।' 'सर्वं ह्येतद्ब्रह्म। अयमात्मा ब्रह्म। सोऽयमात्मा चतुष्पात्।' 'जागरितस्थानो बहिःप्रज्ञः।' 'स्वप्न-स्थानोऽन्तःप्रज्ञः।' 'सुषुप्तस्थानः एकीभूतः प्रज्ञानघनः।' 'नान्तःप्रज्ञं न बहिःप्रज्ञं न प्रज्ञानघनम्।' 'एकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थम्।'

आत्माकी यह तुरीयावस्था है। छान्दोग्यके उद्दालक-श्वेतकेतु-संवाद और नारद-सनत्कुमार-संवादमें जिस आत्म-तत्त्वपर विचार किया गया है वह दिग्दिगन्तव्यापिनी समीक्षासे युक्त है। अविरत एक्सपेरिमेंटका प्रवाह चल रहा है। अभ्युपगम सिद्धान्तको ग्रहण करके महर्षिगण सुदूरगामी अनुमान-प्रमाणके पथपर चल रहे हैं। बहिर्जगत्, अन्तर्जगत् और तदन्तर्गत जो कुछ भी है, सबकी पूरी-पूरी खोज की है और तत्तद्रूपसे आत्मतत्त्व—ब्रह्मतत्त्वको समझा है। उन-उन सिद्धान्तोंके साथ माण्डूक्यादिके सिद्धान्तमें बड़ा भेद है। छान्दोग्यके—

स य एषोऽणिमा ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्। तत् सत्यं स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो। (छान्दोग्य० ६। ८। ७)

'वह जो यह अणिमा है, एतद्रूप ही यह सब है। यह सत्य है, आत्मा है और श्वेतकेतो! वही तू है।'

इस सिद्धान्तकी प्रकृति माण्डूक्यके इस सिद्धान्तकी प्रकृतिसे भिन्न है—

सुषुप्तस्थानः·····प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक् चेतोमुखः। (माण्डूक्य० ५)

'सुषुप्तस्थान प्रज्ञानघन है, एकमात्र आनन्दमय ही है, प्रकाशमुख है और आनन्दका भोक्ता है।'

और प्रश्नोपनिषद्में तो है—

एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुषः स परे अक्षरे आत्मनि संप्रतिष्ठते।

(प्रश्न० ४। ९)

'यह देखनेवाला, स्पर्श करनेवाला, सुननेवाला, सूँघनेवाला, स्वाद चखनेवाला, मनन करनेवाला, जाननेवाला, कर्म करनेवाला विज्ञानात्मा पुरुष है। वह अविनाशी परमात्मामें प्रतिष्ठित है।'

विज्ञानाभियान अनुमान-उपमान-शब्द-प्रमाणादिके पथसे खोज-खोजकर—देख-देखकर बहुत दूर अग्रसर हो आया है, तब भी अनुसन्धान चल रहा है समीपमें, अन्तर्देशमें। तैत्तिरीयोपनिषद्में इसका अनुभव प्राप्त होता है। पहले ही देखनेमें आता है कि ऋषि अपनी उपलब्धि-लब्ध सम्पदाओंको सजा-सजाकर विशेषरूपसे समझ ले रहे हैं। Realization हो चुका है। Recapitulation हो रहा है। शिक्षावल्लीके शेषमें ऋषि सहसा दिव्यज्ञानके व्योमयानपर चढ़कर असीम आकाशमें एक चक्कर लगाते हैं। अपूर्व सुन्दर है।

'आकाशशरीरं ब्रह्म। सत्यात्मा प्राणारामं मन आनन्दम्। शान्तिसमृद्धिरमृतम्।' (तैत्तिरीय० १। ६। ३)

द्वितीय वल्लीमें ऐसी ही और भी मनोरम बात कहते हैं—

'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता।'

(तैत्तिरीय० २। १। १)

छान्दोग्योपनिषद्से वेदान्त-विद्याका शुभ आरम्भ है। श्रीमद्भागवतमें उसकी परम पवित्र परिसमाप्ति है। इस बातको जिन्होंने नहीं समझा है, उनका वेदान्त-अध्ययन अपूर्ण ही रह गया है। वेदान्तवर्त्म सहस्रयोजनव्यापी है। काल-क्रमानुसार विज्ञान-विकाश-विवर्तकी आनुमानिक अग्रगतिके प्रसङ्गमें यहाँ पाँच उपनिषदोंकी यत्किञ्चित् आलोचना की गयी है। तैत्तिरीयकी बात चल रही है। इसके बाद है कठ, फिर केन, तदनन्तर ईश, तत्पश्चात् क्रमशः मुण्डक, श्वेताश्वतर और कौषीतकि। काल तथा तत्त्वोपलब्धिके क्रमसे ये बारह हैं। खूब सम्भव है ये सबसे प्राचीन हैं। क्रमशः ये नाना मार्गोंसे श्रीमद्भागवतके राज्यकी ओर अग्रसर हुए हैं।

इनके अतिरिक्त जो रामतापनी, गोपालतापनी, नारायणोपनिषद्, रामरहस्योपनिषद्, कालाग्निरुद्रोपनिषद्, पञ्चब्रह्मोपनिषद्, कृष्णोपनिषद्, सूर्योपनिषद्, दत्तात्रेयोपनिषद्, बृहज्जाबालोपनिषद्, मुक्तिकोपनिषद्, गर्भोपनिषद् आदि उपनिषद् हैं, उनके कालक्रम या क्रमविकासधाराका निरूपण करना बहुत कठिन है। छान्दोग्य, ऐतरेय और गर्भ—इन तीन उपनिषदोंमें गर्भविषयक ज्ञानका क्रमविकास स्पष्ट है। इन सब उपनिषदोंको साम्प्रदायिक समझकर जो लोग इनकी अवज्ञा करते हैं, उनके अतिपाण्डित्यकी प्रशंसा हम नहीं करते। सभी उपनिषद् स्वाभाविक विकासकी धाराको पकड़कर चले हैं। ये उपनिषद् नाना प्रकारसे विशाल पुराण-साहित्यकी उपक्रमणिका और भूमिका बने हुए हैं। पुराण और उपनिषद्का सम्बन्ध आगे चलकर दिखाया जायगा।

तैत्तिरीय-उपनिषद्में मिलता है—

'सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चिता।'

(२। १। १)

उपनिषद्में यह नयी बात है। आत्मवित् निर्गुण निर्विकार निर्विकल्प आत्मा हो जाता है। **'ब्रह्मवित् ब्रह्मैव भवति।' 'शान्तं शिवमद्वैतम्'** तत्त्व हो जाता है। **'निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति।'** परंतु श्रुति यहाँ इसकी ही बात कह रही है। परब्रह्मके साथ मिलकर वे समस्त कामनाओंके काम्यका उपभोग करते हैं, जिन्होंने इसी जीवनमें परब्रह्मको हृदयङ्गम किया है; किंतु क्षण-कालके लिये कौन जानता है कि शुभ्र ब्रह्मज्योतिके राज्यमें बैठकर ऋषिने रूपब्रह्मके रसराज्यकी एक झलकको किस शुभक्षणमें देख पाया था। मुण्डकोपनिषद्में है—

'तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा आनन्दरूपममृतं यद्विभाति।'

(२। २। ७)

जिसके अमृत आनन्दरूपका दर्शन ऋषि कर रहे हैं वह अवाङ्मनसगोचर अवर्ण ब्रह्म नहीं है, रूपवर्ण-रसमय भगवान् है। तैत्तिरीय श्रुतिने इस रसब्रह्मके आभासको और भी स्पष्ट कर दिया है।

इस सार्वभौम शास्त्रके विचारपूर्ण अध्ययनसे अहिंसाका मूल तत्त्व प्रकट होता है । श्रीकृष्णने अर्जुनके अज्ञानजनित मोहका नाश करके उसके संकुचित स्वजन-अभिमानको दूर कर दिया । युद्धारम्भ-जैसे अवसरपर अपनेको भगवदीय न्यायकी प्रतिष्ठामें निमित्त न मानना ही उनका अज्ञान था । श्रीकृष्ण अर्जुनके भय, शोक, अमर्ष, द्वेष, कामना और राग आदि उन दोषोंको हर लेते हैं, जो हिंसाके दुष्ट सहचर हैं । बाहरसे देखनेमें हिंसाका स्थूल आवरण अक्षुण्ण बनाये रख-कर भगवान्‌ने अर्जुनके आध्यात्मिक आधारको सर्वथा परिवर्तित कर उन्हें अहिंसाकी प्रतिमूर्ति बना दिया । इस प्रकार केवल भगवान्‌के आश्रित होकर, बिना किसी पुरस्कारकी आशाके तथा उनके प्रति आत्मसमर्पणकी भावनामें स्थिर हुआ अर्जुन कर्म करता हुआ भी नहीं करता, मारता हुआ भी नहीं मारता; क्योंकि गीतामें उसकी क्रियाएँ अब अहङ्कारके विषैले दंशसे मुक्त हो गयी हैं । अहिंसा और अमरता गीतामें साथ-साथ चलती हैं । कूटस्थ साक्षीके रूपमें रहना अर्थात् संसारमें रहता हुआ प्रतीत होनेपर भी उससे बिल्कुल निर्लिप्त रहना ही वह अमर जीवन है । इसी स्थितिमें अकर्ममें कर्म और कर्ममें अकर्मका विज्ञान प्रकट होता है ।

श्रीकृष्ण साक्षात् वह आत्मतत्त्व हैं, जो समस्त ज्ञानका केन्द्र एवं परिधि दोनों है । जगत्‌की लौकिकताके मोहक स्वरूपके परे दृष्टि डालना; अपने स्वरूपके, अपनी स्वाभाविक चरित्रगत विशेषताओंके, सहज प्रवृत्तियोंके सम्बन्धमें विचार करना; नैसर्गिक प्रेरणाओंका तथा एकता एवं सामञ्जस्य उत्पन्न करनेवाले रचनात्मक गुणोंका अध्ययन कर उनपर सार्वभौम दृष्टिसे विचार करना; विशाल मानवताके धरातलपर खड़े होकर सुख-दुःखका अनुभव करना और अपने अंदर भगवत्तत्त्वको अभिव्यक्त करना सीखो । यही मानव-जातिके प्रति श्रीकृष्णका सनातन सन्देश है । इस प्रकार गीता धर्म और अध्यात्मको हमारे दैनन्दिन जीवनसे वियुक्त नहीं करती ।

संसारमें आज एक धार्मिक भूकम्प हो रहा है । भौतिक-वादपर अवलम्बित वर्तमान वैज्ञानिक दृष्टिकोणसे उत्पन्न हुई कृत्रिम जीवनचर्याका अनुगमन धर्मके उच्चतर आदर्शोंको पीछे ढकेल देना और सुखकी मृगतृष्णाके पीछे दौड़ना है । धर्म व्यापारकी वस्तु नहीं है । धर्म विनिमयका सिद्धान्त नहीं है, सट्टे-बजारमें होनेवाला मानवीय सौदा नहीं है । धर्म तो जीवनको दिव्य बनानेका एक शक्तिशाली साधन है । धर्म ही वह शक्ति है जो दिनके प्रकाशमें भी तनकर चलती है, जब कि अन्य समस्त विज्ञान रात्रिके अन्धकारमें भी आँखें बचाते हुए टेढ़े-मेढ़े मार्गोंसे छिपकर चलते हैं । धर्मकी अधिदेवता ही मनुष्यकी भगवत्ताका दावेके साथ प्रतिपादन करके मानव-जातिकी समस्याओंका निश्चयात्मक समाधान करती है । वही अलौकिक जगत्‌से परेका तत्त्व है और वही मनुष्यके भीतर रहनेवाली वस्तु है । धर्मका बाह्य रूप केवल छिलका और भूसी है । यथार्थ आध्यात्मिक जीवन सनातन तत्त्वमें स्थित और अनन्तमें प्रतिष्ठित है । वह सदा अमर और नित्य वर्तमान है । वह सर्वदा पूर्ण है, जब कि अनित्य एवं क्षणभङ्गुर प्रातिभासिक जीवनकी स्थिति इस परिवर्तनशील जगत्‌में है, वह प्रकृति एवं मनतक पङ्कमें डूबा हुआ है । अतएव यह जीवन प्रतिक्षण होनेवाली मृत्यु है । मृत्युमें ही जीना है । धर्म ही संतोंका संतपना है, ज्ञानियोंका ज्ञान है और बलवानोंका बल है । यही परात्पर शान्ति है; यही व्यक्तियों एवं राष्ट्रोंकी पीड़ा-यन्त्रणाकी महौषध है । यह संसारको, सारे राष्ट्रों एवं समस्त जातियोंको मनुष्योंके परस्पर भ्रातृत्व तथा भगवान्‌के पितृत्वसे भी आगे एकमात्र आत्मभावनाकी ओर ले जाता है । संक्षेपमें आजके विच्छिन्न एवं भ्रान्त जगत्‌के लिये यही एक ध्रुव आशा है । संसारके घावोंको केवल यही निश्चितरूपसे भर सकता है ।

कहा जाता है कि गायत्री-मन्त्रके प्रत्येक अक्षरके पीछे एक-एकके हिसाबसे श्रीकृष्णने चौबीस गीताएँ कही हैं; परंतु उनमेंसे केवल भगवद्गीता तथा उत्तरगीता ही संसारमें प्रसिद्ध हो पायीं । भगवद्गीताका संसारकी प्रायः सभी भाषाओंमें अनुवाद और व्याख्या हो चुकी है ।

गीताके आध्यात्मिक अर्थ बाह्याचरणोंके आडम्बरपूर्ण त्याग नहीं हैं । संसारका चरम तत्त्व मानव है । मनुष्यके चरम तत्त्व भगवान् हैं । और भगवान्‌का चरम तत्त्व है—'मैं' एवं 'मेरा' के त्यागद्वारा, सदसद्विवेकके द्वारा तथा एक अद्वितीय निर्गुण सत्ताके अपरोक्षानुभवके द्वारा उनकी प्राप्ति । आत्मतत्त्व (ब्रह्मतत्त्व) का ज्ञान, जिसकी भूख मनुष्यको सदा बनी रहती है, उसके क्षुद्र अहङ्कारकी सीमामें नहीं ठहरता । अहङ्कारी जीव उसको ग्रहण ही नहीं कर सकता । वह अहङ्कारके परे है । सभी साधनों और फलोंके अन्तर्गत भी है तथा उन सबका चरम फल भी वही है । इसकी प्रतीति होती है एकत्वकी अनुभूतिमें, उस नैसर्गिक एवं विशुद्ध ज्ञानकी अवस्थामें, जो अन्तरतम एवं अपरोक्ष है, जहाँ जाननेका अर्थ है वही बन जाना और वही बन जाना ही जानना है ।

प्रतिदिन प्रातःकाल एवं सायंकाल गीताके एक या दो ही श्लोकोंके भावका मनन, चिन्तन एवं ध्यान मनुष्यके जीवनमें दिव्य सुधाधाराका सञ्चार करानेमें बहुत बड़ा निमित्त बन जाता है।

यदि इन पंक्तियोंको पढ़कर किसीके मनमें भगवान्‌के लिये तीव्र लालसा जाग उठे और वह सचाईके साथ विस्तारपूर्वक भगवद्गीताके गम्भीर अध्ययनमें लग जाय तो इस क्षुद्र लेखके उद्देश्यकी उचित रीतिसे पूर्ति हो जायगी।

भगवान् श्रीकृष्ण सबके सखा, तत्त्वोपदेशक और मार्गदर्शक बनें।

जीवात्मा और परमात्माकी एकता

(लेखक—पं० श्रीहरिकृष्णजी झा, व्याकरण-वेदान्ताचार्य, वेद-शास्त्री, साहित्यालङ्कार)

[तत्त्वमसि]

'उपनिषद्' शब्दका अर्थ है—उप समीपं निषीदति प्राप्नोति—इति उपनिषद् अर्थात् जिसके द्वारा परम समीपभूत ब्रह्मका साक्षात्कार हो, वह हुआ उपनिषद्। 'तत्त्वमसि' इस उपनिषद्-महावाक्यमें 'तत्, त्वम्, असि' शब्दत्रयका सम्मिश्रण है। 'तत्' अर्थात् वह परवाचक शब्द है, 'त्वम्' (तू) यह स्वबोधार्थक है, 'असि' (हो)—यह शब्द 'तत्' और 'त्वम्' दोनोंकी एकताका प्रतिपादक है। जहत्-अजहत्-भागत्यागके भेदसे लक्षणा तीन प्रकारकी होती है। जिसमें कहे हुएको छोड़कर तथा उससे सम्बन्धित दूसरोंका ग्रहण किया जाय उसे जहल्लक्षणा कहते हैं। यथा 'गङ्गायां यज्ञदत्तस्तिष्ठति' यहाँपर गङ्गाको छोड़कर तत्रस्थ गृहका बोध होता है। जिसमें कहे हुए और उससे सम्बन्ध रखनेवालेका भी ग्रहण हो, उसे अजहल्लक्षणा कहते हैं। यथा—'काकेभ्यो दधि रक्ष्यताम्'—अर्थात् कौओंसे दहीकी रक्षा कीजिये। यहाँ काकातिरिक्त जीवमात्रका भी बोध होता है। भागत्यागलक्षणा उसे कहते हैं, जिसमें उपाधि छोड़कर सत्यांशका ग्रहण हो। यथा 'अयं मनुष्यः स एव'—यह मनुष्य वही है। इसमें मनुष्यमात्रका ग्रहण होता है। भूत और वर्तमानकालिक उपाधि त्याज्य हैं।

अब 'तत्', 'त्वम्' 'असि'में 'सोऽयं देवदत्तः'के समान भागत्यागलक्षणाकी ही प्राप्ति होती है, क्योंकि शुद्ध सत्त्वगुण, और मलिन सत्त्वगुण, इन्हीं उपाधियोंसे जीवात्मा और परमात्माके भेद कल्पित हैं। अर्थात् शुद्ध सत्त्वगुणमें पड़ा हुआ बिम्ब मायाको स्वाधीन करनेसे हिरण्यगर्भताको प्राप्त होकर जगत्का उपादान कारण है। इसी निमित्त-उपादानात्मकको 'तत् ब्रह्म' कहते हैं। फिर वही बिम्ब जो कि मलिन सत्त्वगुणमें पड़ता है, अविद्याके वशीभूत होकर विविध कामनाओं तथा कर्मोंसे दूषित होनेसे 'त्वम्' जीव शब्दसे व्यवहृत होता है। इन परस्परविरोधिनी शुद्ध सत्त्व और मलिन सत्त्वरूप उपाधियोंको छोड़ देनेसे 'त्वम्' (जीव) तथा तत् (ईश्वर) की एकता होती है। पुनः शुद्ध सत्त्वगुण उपाधिरहित ईश्वर और मलिन सत्त्वगुण उपाधिरहित जीवका अद्वितीय सच्चिदानन्द परब्रह्ममें ही समावेश होता है। इस प्रकार माया और अविद्यारूपी उपाधिको त्याग करके ही अखण्ड सच्चिदानन्द 'तत्त्वमसि' इत्यादि वेदान्त-महावाक्यसे लक्षित होता है; इस प्रकार जीवात्मा और परमात्माकी एकता होती है।

मायाविद्ये विहायैवमुपाधी परजीवयोः।
अखण्डं सच्चिदानन्दं महावाक्येन लक्ष्यते॥

इस एकताकी प्रक्रिया यों है—

आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः आत्मसाक्षात्कारः कर्तव्यः।

अर्थात् अध्यात्मनिष्ठ गुरुदेवके पास जाकर उक्त तत्त्वमस्यादि वाक्योंका अर्थाध्ययन कर चित्तमें स्थिर रखना 'श्रवण' शब्दसे कथित है। श्रुत पदार्थका सयुक्तिक पुनः-पुनः विचार करना 'मनन' है। मनन और श्रवणद्वारा निस्सन्देह हुई चित्तकी एकाकार वृत्तिको 'निदिध्यासन' कहते हैं—

तास्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे चेतसः स्थापितस्य यत्।
एकतानत्वमेतद्धि निदिध्यासनमुच्यते॥

जब पवनरहित दीपकके तुल्य ध्येयमें ही चित्त हो, ध्याता और ध्यानका ज्ञान न रह जाय, उसे समाधि कहते हैं।

समाधिका दूसरा नाम

ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद् ध्येयैकगोचरम्।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते॥

समाधिका अन्य नाम धर्ममेघ भी है, क्योंकि इससे धर्म-

की सैकड़ों धाराएँ निकली हैं। समाधिसे सञ्चित कर्म नष्ट होते हैं तथा निर्मल धर्मकी वृद्धि होती है। प्रथम समाधिद्वारा परोक्ष ब्रह्मज्ञान होता है, तदनन्तर अपरोक्ष ब्रह्मज्ञान होता है। सद्गुरुओंकी कृपासे महावाक्योंद्वारा प्राप्त परोक्ष ज्ञान अग्निसदृश सम्पूर्ण पातकोंको जलाकर भस्म करता है। अपरोक्ष ज्ञान तो इस संसारसे उत्पन्न अज्ञानरूपी अन्धकारको नष्ट करनेवाला सूर्य ही है। इस रीतिसे 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों-द्वारा जीवात्मैक्यकी अपूर्वानुभूति होती है।

पाश्चात्त्य पण्डितोंपर उपनिषद्का प्रभाव

(लेखक—श्रीरासमोहन चक्रवर्ती पी-एच्० बी०, पुराणरत्न, विद्याविनोद)

वैदिक साहित्यके साथ पाश्चात्त्य जातिका प्रथम परिचय होता है उपनिषदोंके द्वारा। सम्राट् शाहजहाँके ज्येष्ठ पुत्र दाराशिकोह अपनी धर्मसम्बन्धी उदारताके लिये भारतके इतिहासमें प्रसिद्ध हैं। उन्होंने हिंदू तथा मुसल्मान-धर्मके समन्वयके लिये विशेष चेष्टा की थी और इसलिये उन्होंने फारसीमें 'मज़मा-उल-बहरैन'* नामक एक ग्रन्थका भी निर्माण किया था। सन् १६४० ईस्वीमें, जब दारा काश्मीर-में थे तब उन्हें सर्वप्रथम उपनिषदोंकी महिमाका पता लगा। उन्होंने काशीसे कुछ पण्डितोंको बुलाया और उनकी सहायतासे पचास उपनिषदोंका फारसीमें अनुवाद किया। १६५७ ईस्वीमें यह अनुवाद पूरा हुआ। इसके प्रायः तीन वर्षके बाद सन् १६५९ ईस्वीमें औरंगजेबके द्वारा दाराशिकोह मारे गये।

अकबरके राजत्वकालमें भी (१५५६—१५८५) कुछ उपनिषदोंका अनुवाद हुआ था; परंतु अकबर अथवा दारा-के द्वारा सम्पादित इन अनुवादोंके प्रति सन् १७७५ ईस्वीसे पहलेतक किसी भी पाश्चात्त्य विद्वान्की दृष्टि आकर्षित नहीं हुई। अयोध्याके नवाब सुजाउद्दौलाकी राजसभाके फरासी रेजिडेंट श्री एम० गेंटिल (M. Gentil) ने सन् १७७५में प्रसिद्ध यात्री और जिन्दावस्ताके आविष्कारक एंक्वेटिल डुपेर्रन (Anquetil Duperron) को दाराशिकोहके द्वारा सम्पादित उक्त फारसी अनुवादकी एक पाण्डुलिपि भेजी। एंक्वेटिल डुपेर्रनने कहींसे एक दूसरी पाण्डुलिपि प्राप्त की और दोनोंको मिलाकर फ्रेंच तथा लैटिन भाषामें उस फारसी अनुवादका पुनः अनुवाद किया। लैटिन अनुवाद सन् १८०१-२ में 'औपनेखत' (Oupnekhat). नाम-से प्रकाशित हुआ। फ्रेंच अनुवाद नहीं छपा।

उक्त लैटिन अनुवादके प्रकाशित होनेपर पाश्चात्त्य पण्डितोंकी दृष्टि इधर कुछ आकर्षित तो हुई, किंतु अनुवाद-का अनुवाद होनेके कारण वह इतना अस्पष्ट और दुर्बोध हो गया था कि उसका मर्म समझकर रसास्वादन करना सहज नहीं था। इसी समय सारस्वत क्षेत्रके अक्लान्तकर्मी एक सूक्ष्मदर्शी दार्शनिक 'औपनेखत'की आलोचनामें लगे और गम्भीर अध्यवसायके साथ दुर्बोध्य भाषाके कठिन पर्देको फाड़कर उन्होंने अन्तर्वाहिनी पीयूषधाराका आविष्कार किया। ये महाशय थे—जर्मनीके सुप्रसिद्ध दार्शनिक श्रीअर्थर शोपेनहर (Aurther Schopenhauer)। (सन् १७८८—१८६०) शोपेनहरने बहुत कठिन परिश्रम करके उक्त अनुवादका अध्ययन किया और मुक्तकण्ठसे यह घोषणा की कि, 'मेरा अपना दार्शनिक मत उपनिषद्के मूल तत्त्वोंके द्वारा विशेषरूपसे प्रभावित है।' इस प्रसङ्गमें मनीषी शोपेन-हरने उपनिषद्के महत्त्व और प्रभावके सम्बन्धमें जो कुछ कहा है, वह विशेषरूपसे ध्यान देने योग्य है—

'मैं समझता हूँ कि उपनिषद्के द्वारा वैदिक साहित्यके साथ परिचय लाभ होना वर्तमान शताब्दी (१८१८) का सबसे अधिक परम लाभ है जो इसके पहले किन्हीं भी शताब्दियोंको नहीं मिला। मुझे आशा है, चौदहवीं शताब्दी-में ग्रीक-साहित्यके पुनरभ्युदयसे यूरोपीय साहित्यकी जो उन्नति हुई थी, संस्कृत-साहित्यका प्रभाव उसकी अपेक्षा कम फल उत्पन्न करनेवाला नहीं होगा। यदि पाठक प्राचीन भारतीय विद्यामें दीक्षित हो सकें और गम्भीर उदारताके साथ उसे ग्रहण कर सकें तो मैं जो कुछ कहना चाहता हूँ, उसे वे अच्छी तरह समझ सकेंगे। उपनिषद्में सर्वत्र कितनी सुन्दरता-के साथ वेदोंके भाव प्रकाशित हैं। जो कोई भी उक्त फारसी-लैटिन (Persian-Latin) अनुवादका ध्यान देकर अध्ययन करके उपनिषद्की अनुपम भावधारासे परिचित होगा, उसीकी आत्माके गम्भीरतम प्रदेशतकमें एक हलचल मच जायगी। एक-एक पंक्ति कितना दृढ़, सुनिर्दिष्ट और

* 'Majma-ul-Bahrain'—(एसियाटिक सोसायटी बंगाल, कलकत्ताके द्वारा प्रकाशित १९२९)

सुसमञ्जस अर्थ प्रकट कर रही है। प्रत्येक वाक्यसे कितना गभीर, मौलिक और गम्भीरतापूर्ण विचारसमूह प्रकट हो रहा है, सम्पूर्ण ग्रन्थ कैसे उच्च, पवित्र और ऐकान्तिक भावोंसे ओतप्रोत है। × × × सारे पृथ्वीमण्डलमें मूल उपनिषद्-के समान इतना फलोत्पादक और उच्च भावोद्दीपक ग्रन्थ कहीं भी नहीं है। इसने मुझको जीवनमें शान्ति प्रदान की है और मरणमें भी यह शान्ति देगा[1]।'

जिस देशमें उपनिषद्के गम्भीर सत्यसमूहका प्रचार था, उस देशमें ईसाई-धर्मके प्रचारका प्रयत्न व्यर्थ होगा और निकट भविष्यमें यूरोपीय विचारधारा उक्त उपनिषद्के द्वारा पूर्णरूपसे प्रभावित हो जायगी—इस सम्बन्धमें शोपेनहरने कहा था—

'भारतमें हमारे धर्मकी जड़ कभी नहीं गड़ेगी। मानव-जातिकी 'पुराणी प्रज्ञा' गैलिलिकी घटनाओंसे कभी निराकृत नहीं होगी। वरं भारतीय प्रज्ञाकी धारा यूरोपमें प्रवाहित होगी एवं हमारे ज्ञान और विचारमें आमूल परिवर्तन ला देगी[2]।'

उनकी यह भविष्य-वाणी सफल हुई। स्वामी विवेकानन्द-की अमेरिकन शिष्या 'सारा बुल' (Sarra Bull) ने अपने एक पत्रमें लिखा था कि 'जर्मनीका दार्शनिक सम्प्रदाय, इंग्लैंडके प्राच्य पण्डित और हमारे अपने देशके एमरसन आदि साक्षी दे रहे हैं कि पाश्चात्त्य विचार आजकल सचमुच ही वेदान्तके द्वारा अनुप्राणित हैं।'[3]

सन् १८४४ में बर्लिनमें श्री शेलिंग (Schelling) महोदयकी उपनिषत्संम्बन्धी व्याख्यान-मालाको सुनकर प्रसिद्ध पाश्चात्त्य पण्डित श्रीमैक्समूलर (Max Muller) का ध्यान सबसे पहले संस्कृत साहित्यकी ओर आकृष्ट हुआ। उपनिषदोंके सम्बन्धमें विचार आरम्भ करते ही उन्होंने अनुभव किया कि उपनिषदोंका यथार्थ मर्म समझनेके लिये पहले उनसे पूर्वरचित वेद-मन्त्र और ब्राह्मणभागपर विचार करना आवश्यक है। इस प्रकार उपनिषदोंसे उन्होंने वेद-चर्चाके लिये प्रेरणा प्राप्त की। शोपेनहरके बाद अनेकों पाश्चात्त्य विद्वानोंने उपनिषद्पर विचार करके विभिन्न प्रकार-से उसकी महिमा गायी है। किसी-किसीने तो उपनिषद्को 'मानव-चेतनाका सर्वोच्च फल' बतलाया है।[1]

उपनिषत्-प्रतिपादित वैदान्तिक धर्म ही देर-सबेर सम्पूर्ण पृथ्वीका धर्म होगा—बहुतसे मनीषियोंने ऐसी भविष्य-वाणी की है। शोपेनहरने 'उन्नीसवीं शताब्दी'के प्रथम भागमें लिखा है—"It is destined sooner or later to become the faith of the people." विश्वकवि रवीन्द्रनाथने कहा है—'चक्षुसम्पन्न व्यक्ति देखेंगे कि भारत-का ब्रह्मज्ञान समस्त पृथिवीका धर्म बनने लगा है। प्रातः-कालीन सूर्यकी अरुण किरणोंसे पूर्वदिशा आलोकित होने लगी है, परंतु जब वह सूर्य मध्याह्न-गगनमें प्रकाशित होगा, उस समय उसकी दीप्तिसे समग्र भूमण्डल दीप्तिमय हो उठेगा।'

स्वामी विवेकानन्दने वर्तमान भारतके जीवनमें उपनिषद्-की कार्यकारिताकी मुक्तकण्ठसे घोषणा की है। गत सहस्रों वर्षोंसे हमारे जातीय जीवनमें जो दोष-दौर्बल्य आ गया है, जिसने हमको नितान्त निर्वीर्य बना डाला है, उसको हटाने-में एकमात्र उपनिषद्के महान् वीर्यप्रद सत्य ही समर्थ हैं। 'भारतीय जीवनमें वेदान्तकी कार्यकारिता' नामक व्याख्यान-में स्वामीजीने कहा है—

'बन्धुओ! स्वदेशवासियो! मैं जितना ही उपनिषदोंको पढ़ता हूँ, उतना ही तुमलोगोंके लिये आँसू बहाता हूँ। हमारे लिये यह आवश्यक हो गया है कि उपनिषदुक्त तेजस्विताको ही हम अपने जीवनमें विशेषरूपसे परिणत करें। शक्ति,—बस, शक्ति ही हमें चाहिये, हमें शक्तिकी विशेष आवश्यकता आ पड़ी है। हमें कौन शक्ति देगा?। × × ×

उपनिषदें शक्तिकी महान् खानें हैं। उपनिषद् जिस शक्तिका सञ्चार करनेमें समर्थ है, वह ऐसी है कि सम्पूर्ण

1. From every sentence deep, original and sublime thoughts arise, and the whole is pervaded by a high and holy and earnest spirit.....In the whole world there is no study, except that of the originals, so beneficial and so elevating as that of the Oupnekhat. It has been the solace of my life, it will be the solace of my death.

2. In India our religion will now and never strike root. The primitive wisdom of the human race will never be pushed aside by the events of Galilee. On the contrary, Indian wisdom will flow back upon Europe, and produce a thorough change in our knowing and thinking.

3. The German schools, the English Orientalists and our own Emerson testify the fact that it is literally true that Vedantic thoughts pervade the Western thought of today.

1. 'Personally I regard the Upanisads as the highest product of the human mind, the crystallized wisdom of divinely illumined men.'

Dr. Annie Besant.

जगत्‌को पुनर्जीवन, शक्ति और शौर्य-वीर्य प्रदान करनेमें समर्थ है। जगत्‌की समस्त जातियों, समस्त मतों और सभी सम्प्रदायोंके दीन, दुर्बल, दुखी और पददलित प्राणियोंको पुकार-पुकारकर कह रही है कि 'सभी अपने पैरोंपर खड़े होकर मुक्त हो जाओ।' मुक्ति या स्वाधीनता—दैहिक स्वाधीनता, मानसिक स्वाधीनता और आध्यात्मिक स्वाधीनता—यही उपनिषद्‌का मूल मन्त्र है। जगत्‌भरमें यही एकमात्र शास्त्र है जो उद्धार (Salvation) की बात नहीं कहता, मुक्तिकी बात कहता है। यथार्थ बन्धनसे मुक्त होओ, दुर्बलतासे मुक्त होओ।'

उपनिषदोंमें वाक्‌का स्वरूप

(लेखक—पं० श्रीरामसुरेशजी त्रिपाठी, एम्० ए०)

वाणी चेतनाकी अमर देन है। वाणीके बिना जगत् सूना है, जीवन पङ्गु है। संसारके प्रायः सारे व्यवहार वाणी-व्यापारपर ही निर्भर हैं। सभ्यता और संस्कृति इसकी गोदमें फूलती-फलती हैं। वाणी केवल विचारोंके विनिमयका ही माध्यम नहीं, अपितु विश्वमें जो कुछ सत्य है, शिव है, सुन्दर है, उन सबका भी व्यञ्जक है। इस वाणीकी दूसरी प्राचीन संज्ञा वाक् है। वाक्‌के विषयमें उपनिषदोंमें मधुर उद्गार तथा युक्तिपूर्ण विचार भरे पड़े हैं; साथ ही इसके भौतिक, दैविक तथा आध्यात्मिक रूपकी रेखा भी खींची गयी है, जिसे देख आजका भाषा-विज्ञानका विद्यार्थी भी एक बार चकित रह जाता है।

उपनिषत्-कालीन वाक्‌के स्वरूपकी पीठिका वेदोंमें ही तैयार हो गयी थी और उसी समय इसे रहस्यकी कोटिमें डाल दिया गया था। जलमें, थलमें, ओषधियोंमें—सबमें दैवी सत्ताको परखनेवाले वैदिक ऋषि वाक्‌को अनुकरणमूलक (Onomatopoeic) या मनोराग-व्यञ्जक (Interjectional) कैसे मान सकते थे। ऋग्वेदके अनुसार वाक्‌को देवोंने पैदा किया—

'देवीं वाचमजनयन्त देवाः।'

(ऋक्‌संहिता, निरुक्त ११। २९ में उद्धृत)

इस वाक्‌के चार विभाग हैं—

'चत्वारि वाक् परिमिता पदानि।'

(ऋक्‌संहिता १। १६४। ४५)

महाभाष्यकार पतञ्जलिने इन चारसे नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपातका ग्रहण किया है। वाक्‌के परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी रूपका संकेत भी इसी मन्त्रमें माना जाता है। ब्राह्मणग्रन्थोंमें चार प्रकारके विभागको दूसरे रूपोंमें भी व्यक्त किया है (देखिये निरुक्त १३। ९)। ऋग्वेदके दसवें मण्डलके १२५वें सूक्तकी द्रष्टा 'वाक्' नामकी एक विदुषी है। वह अम्भृण महर्षिकी पुत्री थी। उसने स्वयं अपनी (वाक्‌की) स्तुति परमात्माके रूपमें की है। इस सूक्तमें वाक्‌के अलौकिक रूपकी झलक है। पर साथ ही वैदिक ऋषियोंने वाक्‌के लौकिक रूपकी भी उपेक्षा नहीं की है। वाक्‌में निष्णात व्यक्तियोंकी प्रचुर महिमा गायी गयी है। 'वाक्‌को कोई देखते हुए भी नहीं देखता, सुनते हुए भी नहीं सुनता। पर कुछ लोग वाक्‌को निकटसे जानते हैं और उनके सामने वाक् अपना रहस्य वैसे ही खोल देती है जैसे कोई सुसज्जित, उत्कण्ठित पत्नी अपने-आपको अपने पतिके सामने डाल देती है।' (ऋक्‌संहिता १०। ६१। ४) विशुद्ध वाक्‌के व्यवहार करनेवालोंके बारेमें निम्नलिखित मन्त्र प्रसिद्ध है—

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो
यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते
भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि॥

(ऋक्‌संहिता १०। ६१। २)

'जिस तरह चलनीसे सत्तूको शुद्ध करते हैं, उसी तरह जो विद्वान् ज्ञानसे वाणीको शुद्ध कर उसका प्रयोग करते हैं, वे लोकमें मित्र होते हैं, मित्रताका सुख पाते हैं, उनकी वाणीमें कल्याणमयी रमणीयता रहती है।' (इस मन्त्रके तृतीय पादकी व्याख्या पतञ्जलि, दुर्गाचार्य, सायण और नागेशने भिन्न-भिन्न रूपसे की है, जिसे उनके ग्रन्थोंमें देखना चाहिये।)

वेदोंमें वाक्‌के जो स्वरूप मिलते हैं, वे उपनिषदोंमें विकसित रूपमें देख पड़ते हैं। वैदिक कवियोंके हृदयमें जो भावना उठी, वह शब्दोंके रूपमें बाहर आ गयी। वहाँ बनावट नहीं, अतः किसी वस्तुके परीक्षणकी इच्छाका भी अभाव है। उनकी अधिकांश समस्याएँ द्वन्द्वमय जीवनके बाह्यरूपसे सम्बन्ध रखती हैं, जीवनसे परेकी केवल उनमें जिज्ञासा है। सत्यकी

ओर उनकी पहुँच बहुत कुछ प्रातिभज्ञानके द्वारा है। उपनिषद्के ऋषियोंके सामने बाह्य-जीवनकी समस्याएँ नहीं थीं। उनका मुख्य उद्देश्य सत्यकी खोज था। अतः उनकी विचारपरम्परामें तारतम्यका सौष्ठव है। उनकी रहस्यानुभूति-तकमें तर्ककी छाया देख पड़ती है। उन्होंने जीवनको गति देनेवाले अन्न, प्राण, मन आदि जो कुछ हैं, उन सबके याथार्थ्यकी बारी-बारीसे समीक्षा की है। उपनिषदोंमें वाक्के स्वरूपका निर्देश भी इसी समीक्षाका फल है। मोटेरूपमें उपनिषत्-कालीन वाक् शब्दकी व्युत्पत्ति वही है, जो वेदोंमें देख पड़ती है अर्थात् वाक् वह है, जो बोली जाय (वाक् कस्माद्, वचेः—निरुक्त २।२२।२)। जिस-किसी भी शब्द-को वाक् कहते हैं (यः कश्च शब्दः वागेव सा—बृहदारण्यक उपनिषद् १।५।३) (तैत्तिरीय उपनिषद् १।३।५) के 'वाक् सन्धिः, जिह्वा सन्धानम्' यह वाक्य वाक् और जिह्वा-के सम्बन्धका स्पष्ट संकेत कर रहा है। उपनिषद्के ऋषियों-ने इस जिह्वा-व्यापारके पीछे छिपी हुई प्राणशक्ति और मानसिक शक्तिका भी सङ्केत किया है, जिनका अत्यन्त सूक्ष्म विवेचन बादके उपनिषदों और तान्त्रिक ग्रन्थोंमें बीज, बिन्दु, नाद आदिके रूपमें और व्याकरण-दर्शनमें स्फोटके रूपमें किया गया है।

यह वाक् लोक-यात्रामें अद्वितीय सहायक है। जनकने याज्ञवल्क्यसे पूछा—'जब सूर्य अस्त हो जाता है, चन्द्रमाकी चाँदनी भी नहीं रहती, जब आग भी बुझी रहती है, उस समय मानवको प्रकाश देनेवाली कौन-सी वस्तु है?' उत्तर मिला 'वह वाक् है। वाक् ही पुरुषका प्रकाशक है' (बृहदा-रण्यक उपनिषद् ४।३।५)। 'यदि वाक्की सृष्टि न होती तो धर्म-अधर्मका ज्ञान न होता, साँच-झूठका पता न चलता; कौन साधु है और कौन असाधु है, कौन सहृदय है और कौन अनुभूति-शून्य है—इसकी जानकारी न होती। वाक् ही इन सबको सूचित करती है। वाक्की उपासना करो' (छान्दोग्य उपनिषद् ७।२)। 'ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेदका ज्ञान वाक्से ही होता है। इतिहास, पुराण और अनेक विद्याएँ वाक्से ही जानी जाती हैं। उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, व्याख्यान और अनुव्याख्यान वाक्के ही विषय हैं। जो कुछ हवन किया गया, खाया गया, पीया गया—ये सभी वाक्से ही ज्ञात होते हैं। इस लोकका, परलोकका, सम्पूर्ण भूतोंका ज्ञान वाक्से ही होता है।' (बृहदारण्यक उपनिषद् ४।१।२)। ज्ञानका एकमात्र अधिष्ठान वाक् है (सर्वेषां वेदानां वागेवायतनम्—बृहदारण्यक उपनिषद् २।४।११)।

उपनिषदोंमें वाक् और विचारके परस्पर सम्बन्धकी भी व्यञ्जना है। बिना भाषाके विचार सम्भव है कि नहीं, यह एक विवादात्मक प्रश्न है। भाषाविज्ञानके भाषाकी उत्पत्ति-विषयक कुछ मत भाषा और विचारके परस्पर सम्बन्धपर ही आश्रित हैं। हेस (Heyse) और मैक्समूलर (Max Muller) इसी मतके समर्थक हैं। प्राचीन आचार्योंमें भर्तृहरिका भी यही मत है। 'संसारमें ऐसा कोई ज्ञान (प्रत्यय) नहीं जो शब्दके बिना जाना जा सके' (वाक्यपदीय १।१२४)। पतञ्जलिके 'नित्ये शब्दार्थसम्बन्धे' और कालिदासके 'वागर्थाविव संपृक्तौ' में भी वाक् और विचारके नित्य सम्बन्धकी अभिव्यक्ति है। उपर्युक्त प्रश्नका उत्तर यदि उपनिषदोंमें ढूँढ़ा जाय तो समाधानके दो पहलू दिखायी देंगे। पहला यह कि विचार अथवा ज्ञान वाक्की सहायताके बिना भी सम्भव है। ज्ञान इस कोटिका भी हो सकता है जो वाक्से परे हो। जब उपनिषद्के ऋषि यह उद्घोषित करते हैं कि **'वेदाहमेतं पुरुषं महान्तम्'** मैं उस परम पुरुषको जानता हूँ और दूसरे क्षण यह कहते हैं कि **'नैव वाचा न मनसा'** (कठोपनिषद् ६।१३) वह न तो वाणीसे न मनसे जाना जा सकता है तो इससे स्पष्ट है कि ज्ञानकी गहराईतक वाणी-की पहुँच नहीं। यह भी कहा गया है—

वाग्वै मनसो ह्वसीयसी। अपरिमिततरमिव हि मनः। परिमिततरेव वाक्। (शतपथब्राह्मण १।३।६)

अर्थात् वाक् विचारसे हलकी है। विचार असीम-सा है, जब कि वाक् सीमित-सी है। समाधानका दूसरा पहलू यह है कि वाक् और विचारका घना सम्बन्ध है। सृष्टिक्रममें मन और वाक्के, विचार और वाणीके परस्पर संक्रमणका उल्लेख उपनिषदोंमें मिलता है (स मनसा वाचं मिथुनं समभवत्—बृहदारण्यक उपनिषद् १।२।४)। एक स्थानपर कहा गया है कि वाक् धेनु है, प्राण इसका ऋषभ (साँड़) है और मन (विचार) इसका वत्स है (बृहदा-रण्यक उपनिषद् ५।८।१)। वाक् और विचारके परस्पर सहयोगकी अनिवार्यता देखकर ही कहा गया था—

वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता, मनो मे वाचि प्रतिष्ठितम्।
(ऐतरेय उपनिषद्, अन्तिम अंश)

अस्तु, उपनिषद् वाक् और विचारके सम्बन्धको, उनके असम्बन्धको और वाक्के मूलमें स्थित मानसिक क्रियाको अच्छी तरह प्रकट करते हैं।

उपनिषदोंमें वाक्‌के कलापक्षकी भी अभिव्यञ्जना है। वाक् स्वयं एक प्रकारकी अभिव्यक्ति है। प्रभावान्वित अभिव्यक्तिका नाम कला है। अतः जब वाक्‌की अभिव्यक्ति संवेदनशील हो उठती है, जब वाक् आह्लादकता, माधुर्यभाव या सत्त्वोद्रेकको जगानेमें समर्थ होती है, उसका कलात्मक रूप निखर उठता है, जिसके भीतर रस और बाहर सौन्दर्य लहराता रहता है। वाक्‌की सौन्दर्य-मीमांसामें कहा गया—

वाच ऋग्रसः, ऋचः साम रसः, साम्न उद्गीथो रसः।

(छान्दोग्य उपनिषद् १। १। २)

वाक्‌का रस (सौन्दर्य) ऋक् (कविता) है। ऋक्‌का रस साम (लय-नाद-सौन्दर्य या समरसता) है। सामका रस उद्गीथ है। (उद्गीथ सामवेदका द्वितीय भाग, छान्दोग्य उपनिषद्‌में उद्गीथसे प्रणवका ग्रहण किया गया है।)

भाव यह है कि वाक्‌का सौन्दर्य छन्दका परिधान पाकर चमक उठता है। तब वाक् ऋक्, छन्द, श्लोक अथवा कविताके नामसे पुकारी जाती है। कविता वाक्‌का निष्पन्द है। गीतोंमें एक समरसता (एक संतुलन) देख पड़ती है, जिससे उनका सौन्दर्य कविताके क्षेत्रमें बढ़ जाता है। साम-गानमें केवल स्वरोंका ही सामञ्जस्य नहीं लाना पड़ता, अपितु बाहरके नाद-सौन्दर्यका भीतरकी प्राण-शक्तिके साथ ऐक्य स्थापित करना पड़ता है। कविताके बाह्य और आभ्यन्तरिक गुणोंका गीतोंमें स्वभावतः समन्वय हो जाया करता है। गीत कविताके शृङ्गार हैं। उद्गीथ गीतोंका परिपाक है। यह गीत (साम) के आह्लादक स्वरूपका द्योतक है। आह्लादकतामें माधुर्य और माधुर्यमें रस है। रसका ही नाम आनन्द है। अतः वाक्‌के कला-पक्षकी विश्रान्ति आनन्दमें ही होती है।

उपर्युक्त बातें वाक्‌के भौतिक स्वरूपको सामने रखकर कही गयी हैं। उपनिषदोंमें वाक्‌की अधिदैवत व्याख्या भी मिलती है। 'वाक् ही यज्ञका होता है, वही अग्नि है, वही मुक्ति है, वही अतिमुक्ति है' (बृहदारण्यक ३। १। ३)। 'वह दैवी वाक् है, जिससे जो कहा जाय, हो जाता है' (बृहदारण्यक उपनिषद् १। ५। १८)। 'वाक् ब्रह्मका चतुर्थ पाद है' (छान्दोग्य-उपनिषद् ३। १८)।

इससे कुछ और गहराईमें उतरकर उपनिषद्‌के ऋषियों-ने वाक्‌के उस स्वरूपके भी दर्शन किये हैं, जिसे हम रहस्यात्मक कह सकते हैं। यहाँ वाक् न तो एक साधारण बोलचालकी वस्तु है और न ज्ञानका असाधारण साधन है। वह साधारण-असाधारण दोनोंसे परे है। वह सूक्ष्म है। नित्य है। अनन्त है। सम्पूर्ण विश्वका विकास वाक्‌से हुआ है। बृहदारण्यक-उपनिषद्‌में उल्लेख है कि वाक्‌के द्वारा सृष्टि की गयी।

स तया वाचा तेनात्मना इदं सर्वमसृजत्।

वाक्‌से सृष्टि हुई इसकी पोषक श्रुति भी है—

वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे। आचार्य शङ्कर-जैसे दार्शनिक भी इस मतका अनुमोदन करते हैं। 'हम सभी इस बातको जानते हैं कि मनुष्य जो कुछ करता है, उसके वाचक शब्द उसके मनमें पहले आते हैं, बादमें वह उस कामको करता है। इसी तरह सृष्टि रचनेके पूर्व प्रजापतिके मनमें भी वैदिक शब्दोंका आभास हुआ, पीछे उन शब्दोंके अनुरूप वस्तुओंकी उन्होंने रचना की'—(वेदान्तसूत्र १। ३। २८ पर शाङ्करभाष्य)। वाक्‌के रहस्यात्मक स्वरूपका निर्देशक प्रणव है। प्रणव वाक्‌का मूल तत्त्व है। वाक्‌का सम्पूर्ण वैभव प्रणवका विलास है। जो उद्गीथ है, वही प्रणव है। जो प्रणव है, वही ओम् है। 'यह ओ३म् अक्षर है। यह सब कुछ—भूत, भविष्य और वर्तमान—ओंकार ही है और जो इन तीन कालोंसे परे है वह भी ओम् ही है (माण्डूक्य-उपनिषद् १। १)। इतनी दूर आ जानेपर उपनिषद्‌के ऋषियोंको यह कहनेमें कोई उलझन न रही कि 'वाक् ही परम ब्रह्म है' ('वाग् वै सम्राट् परमं ब्रह्म' बृहदारण्यक उपनिषद् ४। १। २)।

वाक्‌का यह रहस्यात्मक रूप अवश्य ही दैनिक व्यवहार-के वाक्‌से दूरका जान पड़ेगा। परंतु विचार करनेपर ऐसा लगता है कि वाक्‌को जो यह उच्चतम आसन दिया गया है, वह साधार है। इस गतिशील संसारमें किसी भी पदार्थका सत्य जगत्‌के किसी दूसरे पदार्थद्वारा ठीक-ठीक जाना नहीं जा सकता, क्योंकि वह मापक पदार्थ स्वयं गतिशील है। अन्तमें हमें वहाँतक जाना पड़ेगा, जहाँसे सभी गतिशील पदार्थोंको—जगत्‌को गति मिलती है। वह, जहाँसे सभी गति पाते हैं, अवश्य ही जगत्‌से तटस्थ होगा, साथ ही स्थिर भी होगा। पर गति देनेके कारण जगत्‌से उसका एक सम्बन्ध हो जाता है। और इस सम्बन्धके सहारे प्रत्येक गतिशील पदार्थ उस स्थिर विन्दुसे अपना नाता जोड़ सकता है। जगत्‌से तटस्थ होनेका अभिप्राय यह नहीं कि जगत्‌की कोई सीमा है और स्थिर-विन्दु उससे कहीं परे है। गतिशीलता ही जगत् है और उसमें जो तटस्थ है, वही स्थिर-विन्दु है। दूसरे शब्दोंमें प्रत्येक परिवर्तनशील पदार्थमें कुछ ऐसा है जो अपरिवर्तनशील है। यही अपरिवर्तनशीलता उसका स्थिर-विन्दु है। चाहे कोई इसे शक्ति, एनर्जी, चिति या ब्रह्म कहे, इससे उसके रूपमें कोई अन्तर नहीं आता। पर बात यहीं

समाप्त नहीं होती। हम यह भी देख सकते हैं कि उस परिवर्तनशील वस्तु और उस स्थिर-विन्दुमें कोई तात्त्विक भेद नहीं है। केवल इतना ही है कि एक अपने शुद्ध रूपमें है और दूसरा विकृत रूपमें। यदि उसकी विकृतिको परिशुद्ध कर दिया जाय तो केवल एक ही शुद्ध रूप रह जाता है। अभी कलतक इस चिर-प्रतिपादित सिद्धान्तको केवल दार्शनिकोंकी कल्पना समझा जाता था। परंतु आजका भौतिक-विज्ञान यह सिद्ध कर रहा है कि भौतिक पदार्थ (मैटर) को शक्ति (फोर्स) के रूपमें परिणत किया जा सकता है। 'अणु बम' इस परिवर्तनका प्रत्यक्ष प्रमाण है। साथ ही यह भी ध्यान देनेकी बात है कि वह स्थिर-विन्दु या यों कहिये कि वह शक्ति जो प्रत्येक पदार्थमें अपरिवर्तनीय और अविनाशी है, दो नहीं हो सकती। दो पदार्थोंकी शक्तियोंमें मात्राका (डिग्रीका) अन्तर हो सकता है, पर स्वभावका (नेचरका) भेद नहीं हो सकता। अस्तु, 'यह सब ब्रह्म है' के पीछे एक दृढ़ सिद्धान्त है और इसी दृष्टिसे वाक् भी ब्रह्म है। वाक् सूक्ष्म ब्रह्मसे भिन्न कोई दूसरी वस्तु हो ही नहीं सकता। स्थूल जगत् ब्रह्मका विवर्त है। स्थूल-जगत् वाक्का विकार है; क्योंकि रूप और नाम एकहीके दो पहलू हैं। उनमें कोई भेद नहीं। अतः वाक् और ब्रह्ममें भी कोई भेद नहीं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि उपनिषदोंमें जहाँ जीव और जगत्-सम्बन्धी अनेक गूढ़ तथ्योंका विवेचन है, वहाँ वाक्पर भी प्रकाश डाला ही गया है। अवश्य ही विचार-शैली भिन्न होनेके कारण और वाक्का मुख्य विषय न होनेके कारण किसी एक स्थानपर वाक्पर क्रम-बद्ध गवेषणा नहीं मिलती। फिर भी जहाँ-तहाँ जो विचार बिखरे पड़े हैं, उन्हींके सहारे हम देख रहे हैं कि उपनिषदोंमें वाक्के प्रायः प्रत्येक अङ्गपर दृष्टि डाली गयी है। लोक-जीवनमें वाक्का जितना महत्त्व उपनिषद्के ऋषियोंने दिखाया है, उससे अधिक कोई क्या कह सकता है! उनके लिये वाक् केवल जिह्वा-व्यापार न होकर अन्तरात्माकी पुकार है। वह दैवी है। आजका भौतिक-विज्ञान ध्वनि (साउंड) के अनेकानेक व्यापक रहस्योंका उद्घाटन-कर हमारे जीवनमें प्रतिदिन नया रूप-रङ्ग डाल रहा है। भाषाविज्ञान वाक्के नित्य-नवीन विश्लेषणमें निरत है। पर उपनिषदोंमें जो वाक्का स्वरूप है, उसकी महत्ता ज्यों-की-त्यों है। वाक्की उपासना होती आ रही है और होती रहेगी।

'विन्देय देवतां वाचममृतामात्मनः कलाम्'। (भवभूति)

हम आत्माकी कलास्वरूप शाश्वत दैवी वाक्को पावें।

वैष्णव-उपनिषद्

(लेखक—पं० श्रीबलदेवजी उपाध्याय, एम्० ए०, साहित्याचार्य)

भारतीय धर्म तथा दर्शनके विकासका अनुशीलन हमें इसी सिद्धान्तपर पहुँचाता है कि उनके बीज उपनिषदोंमें संकेतरूपसे निहित हैं। वैष्णव-धर्मके मूलरूपके अध्ययनकी सामग्री इन उपादेय उपनिषदोंमें ही बिखरी हुई है, परंतु कतिपय उपनिषद् तो सर्वथा विष्णु तथा उनके विभिन्न अवतारोंके रहस्योंके प्रतिपादनमें ही व्यस्त दीख पड़ते हैं। इन्हीं उपनिषदोंका संक्षिप्त परिचय कराना इस छोटे लेखका उद्देश्य है।

वैष्णव-उपनिषद् संख्यामें चौदह हैं और इन सबका एक सम्पुटमें प्रकाशन थियासोफिकल सोसाइटीने अड्यार (मद्रास) से किया है। अक्षर-क्रमसे इनका सामान्य निर्देश इस प्रकार है—

१. अव्यक्तोपनिषद्—इस उपनिषद्में सात खण्ड हैं। विषय है अव्यक्त पुरुषको व्यक्तरूपकी प्राप्ति। इसमें 'आनुष्टुभी-विद्या' के स्वरूप तथा फलका पर्याप्त निर्णय किया गया है। इसीके बलपर परमेष्ठीको नृसिंहका दर्शन होता है और वे जगत्की सृष्टिमें समर्थ तथा सफल होते हैं।

२. कलिसन्तरणोपनिषद्—इस उपनिषद्में नारदजी-के प्रार्थना करनेपर हिरण्यगर्भने कलिके प्रपञ्चोंको पार करनेवाला उपाय बतलाया है। यह उपाय है भगवान्का षोडश नामवाला मन्त्र—

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे॥

इस मन्त्रका एक रहस्य है। जीव षोडश कलाओंसे आवृत रहता है। इसीलिये उसकी प्रत्येक कलाको दूर करनेके लिये सोलह नामवाला मन्त्र अतीव समर्थ बतलाया गया है।

इति षोडशकं नाम्नां कलिकल्मषनाशनम्।
नातः परतरोपायः सर्ववेदेषु दृश्यते॥
इति षोडशकलावृतस्य जीवस्यावरणविनाशनम्।
ततः प्रकाशते परं ब्रह्म मेघापाये रविरश्मिमण्डलीवेति॥

३. कृष्णोपनिषद्—यह उपनिषद् बहुत ही छोटा है। इसमें श्रीकृष्णकी भगवत्ताका परम प्रामाणिक वर्णन किया गया है। भगवान् श्रीकृष्णने भक्तोंके ऊपर अनुग्रह करनेके

लिये ही समग्र वैकुण्ठको ही अपने साथ इस भूतलपर अवतीर्ण किया था; इसका रोचक वर्णन यहाँ उपलब्ध होता है। श्रीकृष्णके जीवनके आध्यात्मिक रूप जाननेके लिये इस उपनिषद्की महती उपयोगिता है। श्रीकृष्ण तो स्वयं शाश्वत ब्रह्म ही हैं और उनकी सेविका गोपिकाएँ तथा सोलह हजार एक सौ आठ रानियाँ उपनिषद्की ऋचाएँ ही हैं—

अष्टावष्टसहस्रे द्वे शताधिक्यः स्त्रियस्तथा।
ऋचोपनिषदस्ता वै ब्रह्मरूपा ऋचः स्त्रियः॥

४. गरुडोपनिषद्—इस स्वल्पकाय उपनिषद्में गारुडी विद्याके रहस्यका उद्घाटन है। गरुडके स्वरूपका आध्यात्मिक रीतिसे विवेचन इस ग्रन्थकी विशिष्टता है।

५. गोपालतापिनी-उपनिषद्—इस ग्रन्थके दो भाग हैं—(क) पूर्व, (ख) उत्तर। पूर्वतापिनीके छः अध्याय हैं जिनमें गोपाल कृष्णके अष्टादश अक्षरवाले मन्त्रके रूप, फल तथा जपविधानका पूर्णतया विस्तृत वर्णन है। उत्तर-तापिनीमें अनेक आध्यात्मिक रहस्योंका वर्णन है। मथुराके आध्यात्मिक रूपका निर्णय बड़ा ही मार्मिक है। इस उपनिषद्में गोविन्दकी बड़ी ही सुन्दर स्तुति उपलब्ध होती है—

नमो विज्ञानरूपाय परमानन्दरूपिणे।
कृष्णाय गोपीनाथाय गोविन्दाय नमो नमः॥
श्रीकृष्ण रुक्मिणीकान्त गोपीजनमनोहर।
संसारसागरे मग्नं मामुद्धर जगद्गुरो॥

६. तारसारोपनिषद्—इसमें तारक मन्त्रके स्वरूपका निर्णय किया गया है। भगवान् नारायणके अष्टाक्षर मन्त्रका विस्तारके साथ उपदेश-कथन है।

७. त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषद्—यह उपनिषद् वैष्णव उपनिषदोंमें सबसे बड़ा है। महत्त्व तथा विस्तार दोनोंकी दृष्टिमें इस उपनिषद्को गौरव प्राप्त है। इसमें आठ अध्याय हैं। प्रथम अध्यायमें परमेष्ठीने भगवान् नारायणसे ब्रह्मस्वरूपकी जिज्ञासा की और इसी जिज्ञासाकी पूर्तिके लिये इस उपनिषद्का उपदेश है। ब्रह्मके चार पाद बतलाये गये हैं—(क) अविद्यापाद, (ख) विद्यापाद, (ग) आनन्दपाद और (घ) तुर्यपाद। प्रथम पादमें अविद्याका संसर्ग रहता है। अन्तिम पाद इससे नितान्त विशुद्ध रहते हैं। विद्यापाद तथा आनन्दपादमें अमित तेजः-प्रवाहके रूपमें नित्य वैकुण्ठ विराजता है और यहीं तुरीय ब्रह्म अपने समग्र तेज तथा वैभवके साथ स्थित रहते हैं। अन्य अध्यायोंमें साकार तथा निराकार शब्दोंकी व्याख्या है। ब्रह्म स्वतः अपरिच्छिन्न है। अतः वह साकार होते हुए भी निराकार रहता है और इन दोनोंसे भी परे वर्तमान रहता है। महामायाका ही यह जगत् विलास है और अन्तमें यह जगत् महाविष्णुमें लीन हो जाता है। पञ्चम अध्यायमें मोक्षके उपायका कथन है। मुक्ति तत्त्वज्ञानके लाभसे ही होती है और उस ज्ञानका परिपाक भक्ति तथा वैराग्यके कारण सम्पन्न होता है। षष्ठ अध्यायमें ब्रह्माण्डके स्वरूपका परिचय कराया गया है तथा विष्णुके विभिन्न रूपोंकी उपासनासे भिन्न-भिन्न लोकोंकी प्राप्तिका निर्देश किया गया है। सप्तम अध्यायमें नारायणके यन्त्रका वर्णन है। अन्तिम अध्यायमें आदि नारायण ही गुरुरूपसे निर्दिष्ट किये गये हैं जिनकी एकमात्र निष्ठा करनेसे ही प्रपञ्चका उपशम होता है। इस उपनिषद्के मूल सिद्धान्त पुरुषसूक्तमें उल्लिखित हैं। रामानुजदर्शन तथा अन्य वैष्णवदर्शनोंपर इस उपनिषद्का प्रचुर प्रभाव पड़ा है। रामानुजके अनुसार अचित् तत्त्वके तीन प्रकारोंमें प्रथम भेद है—शुद्धसत्त्व और यही शुद्धसत्त्व त्रिपाद्विभूति, परमपद, परमव्योम, अयोध्या आदि शब्दोंके द्वारा व्यवहृत होता है। (द्रष्टव्य मेरा भारतीय दर्शन पृ० ४७२–४७३)

८. दत्तात्रेयोपनिषद्—इसमें दत्तात्रेयकी उपासनाका वर्णन है तथा तत्सम्बद्ध नाना मन्त्रोंके वर्णन तथा विधान-का कथन है। दत्तात्रेयके मन्त्रके बीजकी भी विशिष्ट व्याख्या है। उपनिषद् छोटा ही है।

९. नारायणोपनिषद्—यह उपनिषद् परिमाणमें बहुत छोटा है। इसमें चार खण्ड हैं जिनमें नारायणके अष्टाक्षर मन्त्रका उद्धार तथा माहात्म्य प्रतिपादित किया गया है।

१०. नृसिंहतापिनी-उपनिषद्—इस उपनिषद्के दो खण्ड हैं—पूर्व और उत्तर। इसमें नृसिंहके रूप तथा मन्त्रका विस्तृत वर्णन है। नृसिंहकी तान्त्रिकी पूजाका रहस्य इसमें विस्तारसे उद्घाटित किया है। इस प्रकार तान्त्रिक उपनिषदोंमें यह उपनिषद् महत्त्वपूर्ण तथा महनीय है। इसके ऊपर शङ्कराचार्यकी भी टीका मिलती है, जिसे अनेक आलोचक आद्य शङ्कराचार्यकी रचना माननेमें संकोच करते हैं। नृसिंह-के महाचक्रका वर्णन पूर्वतापिनीके पञ्चम उपनिषद्में विस्तारके साथ किया गया है। उत्तरतापिनीमें नव खण्ड हैं जिनमें

निर्विशेष ब्रह्मके स्वरूपका प्रामाणिक विवेचन है। अष्टम खण्ड तुर्य ब्रह्मकी महनीयता तथा व्यापकताके वर्णनमें समाप्त हुआ है। नवम खण्डमें जीव तथा मायाके साथ ब्रह्मके सम्बन्धका प्रतिपादन है। इस प्रकार यह ग्रन्थ अद्वैततत्त्वके सिद्धान्तोंकी जानकारीके लिये नितान्त प्रौढ तथा उपादेय है।

११. रामतापिनी-उपनिषद्—इसके भी दो खण्ड हैं जिनमें रामकी तान्त्रिक उपासनाका विस्तृत विवेचन उपलब्ध होता है। राम तथा सीताके मन्त्र तथा मन्त्रके क्रमशः उद्धार तथा लेखनप्रकारका वर्णन है। रामका षडक्षर मन्त्र यन्त्रमें किस प्रकार निविष्ट किया जा सकता है तथा उसका पूजन किस विधिसे किया जाता है, इसी विषयका यहाँ प्रामाणिक प्रतिपादन है। योगीलोग जिस परमात्मामें रमण करते हैं वही 'राम' शब्दके द्वारा अभिहित किया जाता है—

रमन्ते योगिनोऽनन्ते नित्यानन्दे चिदात्मनि।
इति रामपदेनासौ परं ब्रह्माभिधीयते॥

राम-मन्त्रका बीज है—रां और इसीके भीतर देवत्रय तथा उनकी शक्तियोंका समुच्चय विद्यमान रहता है। रेफसे ब्रह्माका, तदनन्तर आकारसे विष्णुका तथा मकारसे शिवका तात्पर्य माना जाता है और इस प्रकार इन तीनों देवताओंकी शक्तियाँ—सरस्वती, लक्ष्मी तथा गौरी इस बीजमें विद्यमान रहती हैं—

तथैव रामबीजस्थं जगदेतच्चराचरम्।
रेफारूढा मूर्तयः स्युः शक्तयस्तिस्र एव च॥

तदनन्तर राममन्त्रके उद्धारका विस्तृत विवरण उपलब्ध होता है। उत्तरतापिनीमें राम-मन्त्रके तारकत्व तथा जपके फलका निर्देश है। प्रणवका अर्थ 'राम'में बड़ी युक्तिसे सिद्ध किया गया है। रामके साक्षात्कार करा देनेवाले मन्त्रोंका भी यहाँ निर्देश मिलता है। राम-मन्त्रके माहात्म्यका प्रतिपादन कर यह उपनिषद् समाप्त होता है। 'उपनिषद् ब्रह्मयोगी'की व्याख्याके अतिरिक्त 'आनन्दवन' नामक ग्रन्थकारने भी बड़ी सुबोध टीका इस ग्रन्थपर लिखी है। यह टीका मूल ग्रन्थके साथ सरस्वती-भवन ग्रन्थमाला (नं० २४)में काशीसे १९२७ ई० में प्रकाशित हुई है।

१२. रामरहस्य-उपनिषद्—इस उपनिषद्का विषय है रामकी पूजाका प्रतिपादन तथा तदुपयोगी मन्त्रों तथा विधानोंका विवेचन। राम-मन्त्र एक अक्षरसे आरम्भ होकर इकतीस अक्षरोंतकका होता है। इसका पर्याप्त वर्णन यहाँ मिलता है। इसके अतिरिक्त सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न तथा हनुमान्‌के मन्त्रोंका भी वर्णन है। राम-मन्त्रके पुरश्चरणका भी विधान यहाँ किया गया है।

१३. वासुदेवोपनिषद्—इसमें वासुदेवकी महिमा बतलाकर गोपीचन्दनके धारण करनेका विशिष्ट वर्णन है। वैष्णवजनोंके मस्तकपर विराजमान त्रिपुण्ड्र, ब्रह्मादि देवतात्रय, तीन व्याहृति, तीन छन्द, तीन अग्नि, तीन काल, तीन अवस्था, प्रणवके तीनों अक्षरोंका प्रतीक बतलाया गया है। वासुदेव जगत्‌के आत्मस्वरूप हैं। उनका ध्यान प्रत्येक भक्तको करना चाहिये।

१४. हयग्रीवोपनिषद्—हयग्रीव भगवान्‌के नाना मन्त्रोंके उद्धारका प्रकार इस छोटे उपनिषद्में विशेषरूपसे किया गया है।

वैष्णव-उपनिषदोंका यही संक्षिप्त वर्णन है। इसके अनुशीलनसे स्पष्ट प्रतीत होता है कि वैष्णवमतके नाना सम्प्रदायोंमें जो उपासना-विधि इस समय प्रचलित है, उसका मूलरूप हमें यहाँ उपलब्ध होता है। इन्हीं उपनिषदोंके आधारपर ही पिछले मतोंका विकास सम्पन्न हुआ है। अतः वैष्णवमतके रहस्योंको भलीभाँति जाननेके लिये इन ग्रन्थरत्नोंका अनुशीलन नितान्त आवश्यक है।

ब्रह्मका स्मरण करो और आसक्तिका त्याग करो

अहो नु चित्रं यत्सत्यं ब्रह्म तद् विस्मृतं नृणाम्। तिष्ठतस्तव कार्येषु मास्तु रागानुरञ्जना॥

अहो! यह बड़े आश्चर्यकी बात है कि जो परब्रह्म परमात्मा नितान्त सत्य हैं, उन्हींको मनुष्योंने भुला दिया है। भाई! कर्मोंमें लगे रहनेपर भी तुम्हारे मनमें रागानुरञ्जना—उन कर्मोंमें आसक्ति नहीं होनी चाहिये।

औपनिषद आत्मतत्त्व

(लेखक—याज्ञिक पं० श्रीवेणीरामजी शर्मा गौड़, वेदाचार्य, वेदरत्न)

(१) वाङ्मय, मानवकी विशेषताओंका (आदर्श) पुञ्ज है। आहार-विहारपर्यन्त ही अपनी चर्याको सीमित न करते हुए, भावीकी ओर अग्रसर रहना, उसके लिये सतत प्रयत्न करना, मानव-जीवनकी एक विशेषता है। यह उसकी जन्म-जात कला है। वाङ्मयमें इसी कलाका सङ्कलन रहता है। जिसका आकलन कर अन्य मानव अपने लिये गतिपथ पाते हैं। वह कला साहित्यिक हो, आलङ्कारिक हो, भौतिक हो अथवा आध्यात्मिक हो, मानवके जीवन-विकासमें पर्यायेण आवश्यक हैं। प्रत्येक कलाका अपना वाङ्मय अपने विषयमें अवश्य सराहनीय है, तथापि अध्यात्मविवेक-कलापूर्ण वाङ्मय-का स्थान सर्वोच्च है। क्योंकि प्रत्येक वस्तु जो कि विश्वकी रङ्गभूमिपर प्रस्तुत हुई हो अथवा होनेवाली हो, दीप-ज्योतिके समान इस अध्यात्मसे ही, आत्मसत्त्व किंवा आत्मप्रकाश प्राप्त करती है। यह बात स्पष्ट ही है कि जगत्का कोई भी व्यवहार 'मैं' इस आत्मतत्त्वके बिना नहीं चल सकता। जगत्के किसी भी देश एवं कालका उच्चकोटिका दार्शनिक हो, चाहे **'आत्मानं सततं रक्षेत्'** कहनेवाला कोई महास्वार्थी व्यवहारी पुरुष हो, दोनों आत्मसापेक्ष हैं। इसीलिये अध्यात्म—वाङ्मय किसी भी देश-कालका हो, प्रशंसनीय है, सबके लिये आदरणीय है, संग्राह्य है, ज्ञेय है। उपनिषद्-वाङ्मय यह एक ऐसा अद्भुत वाङ्मय है जो अध्यात्मका प्रकाश देनेवाला है। इस दिशामें विश्वकी यह अद्वितीय वस्तु है। इस बातको सभी विद्वान् मानते हैं। बस, हम यहाँ उपनिषद्के उसी अध्यात्म-तत्त्वका दिग्दर्शन उपस्थित करना चाहते हैं।

(२) उपनिषदोंका क्या विषय है या होना चाहिये, इसमें कोई विवाद नहीं; क्योंकि इस बातको सभी जानते हैं तथा मानते हैं कि उपनिषद्का मुख्य विषय 'ब्रह्म' है। और मुख्य प्रयोजन **'ब्रह्मज्ञान'** है, जिससे कि ब्रह्म-प्राप्तिरूप मोक्ष मिलता है। उपनिषद् शब्द—उप-उपसर्गपूर्वक तथा नि उपसर्गपूर्वक 'षद्ऌ विशरणगत्यवसादनेषु' धातुसे निष्पन्न है, यही अर्थ बतलाता है। निःशेषतया आत्मतत्त्वके समीप पहुँचा देनेवाली विद्या, इस अर्थमें उपनिषद् शब्द यथार्थ है।

विवाद यदि है तो केवल इस विषयमें ही कि—वह ब्रह्म क्या है, ब्रह्म शब्दका अर्थ क्या लिया जाय अथवा उसका लक्षण क्या किया जाय ? इसका कारण यह है कि—'ब्रह्म' शब्द जिस प्रकार उलझी हुई वर्णमालासे बना है, उसी प्रकार वह अर्थके सम्बन्धमें भी गुथा हुआ है।

'ब्रह्म' शब्द निम्नलिखित अर्थोंमें व्यवहृत है—परमात्मा, जीव, जगत्कारण, जड-प्रकृति, परमाणु, शब्द और विद्या।

'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' 'जन्माद्यस्य यतः' 'तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः'—

यहाँ 'ब्रह्म' शब्द परमेश्वरवाचक है।

मम योनिर्महद् ब्रह्म तस्मिन् गर्भं दधाम्यहम्।

(गीता १४। ३)

यहाँपर जड-प्रकृति तथा परमाणु अर्थमें 'ब्रह्म' शब्द मतभेदसे माना जाता है। **'ब्रह्म एवेदमग्र आसीत्'** यहाँपर जगत्कारण (उपादान) ब्रह्म-शब्दार्थ है।

'सर्वेषामेव दानानां ब्रह्मदानं विशिष्यते।'

यहाँ विद्या, शब्द (वेद) आदि अर्थ है। उपनिषदोंमें 'जगत्कारण' इस अर्थमें ब्रह्म शब्द लेना उचित है (यह वाक्य-शेष आदि प्रमाणसे सङ्गत है)।

इसपर भी शङ्का अवश्य है कि 'जगत्-कारण जड प्रकृत्यादि लिये जायँ अथवा चेतन आत्मा ?' इसका समाधान भी अति सरल है। उसी ब्रह्मके बारेमें वहीं मिलता है—

'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय' अर्थात् उस ब्रह्मने इच्छा की कि 'मैं सृष्टि करूँ' इस प्रकारकी इच्छा किंवा मनन जड-प्रकृतिमें सम्भव नहीं है, अतः 'ब्रह्म' शब्दसे चेतन आत्मा लेना ही उचित है। **'अयमात्मा ब्रह्म'** इन समानाधिकरण शब्दोंका भी यही स्वारस्य है।

यही चेतन आत्मा स्वयंप्रकाश है। इसे ही ब्रह्म, औपनिषद पुरुष किंवा उपनिषत्प्रतिपाद्य आत्मतत्त्व कहते हैं। इस उपनिषत्प्रतिपाद्य आत्मतत्त्वके स्वरूपके विषयमें उपनिषदों-के आधारपर ही वादियोंके अनेक मत हैं। उनपर सप्रमाण समालोचना करते हुए हम कुछ लिखना उचित समझते हैं, जिससे उपनिषत्प्रतिपाद्य आत्मतत्त्वका वास्तविक स्वरूप स्फुट हो सके।

(३) औपनिषद आत्मतत्त्वसम्बन्धी निम्न प्रकारकी विप्रतिपत्तियाँ उपस्थित की जा सकती हैं—

१–औपनिषद आत्मतत्त्व शरीरादि (भौतिक तत्त्व) से विलक्षण है या नहीं ?

२– ,, विभु किंवा अणु ?

३– ,, परिणामी सावयव किं वा नहीं ?

४– ,, ज्ञानादि का आश्रय किं वा तत्स्वरूप ?

५– ,, जगत्का उपादानकारण किं वा निमित्त ?

६– ,, अद्वितीय ही कारण, किं वा अनेक अन्य भी ?

७– ,, का जीवसे भेद किं वा अभेद ?

१. आत्मतत्त्व शरीरादिसे विलक्षण

पूर्वपक्ष—

'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः ।'

(ईश० २)

कर्म करते हुए ही सैकड़ों वर्ष जीवनेच्छाका आदेश देते हुए यह श्रुति बतलाती है कि 'जीवन ही सब कुछ है और मरनेके बाद कुछ नहीं है ।' इसलिये इस प्रकारके कर्म करो जिससे तुम्हारा जीवन, जो कि पृथिव्यादि जड़तत्त्वोंके समुदायमें **'किण्वादिभ्यो मदशक्तिवत्'** है, बहुत समयतक रहे । यदि शरीरादिसे विलक्षण आत्मा हो और मरनेपर भी वह विद्यमान हो, तो फिर सैकड़ों वर्ष जीवित रहनेकी इच्छाका क्या महत्त्व ? जब कि वृद्धावस्था भी सन्निकट ही रहती है । शरीरमें कष्ट होनेपर उसके रक्षणका भी क्यों उपाय करें, यदि आत्माका कुछ बिगड़ता न हो ।

'यदेतद्रेतस्तदेतत्सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यः तेजः समुद्भूतम्,··· स्त्रियां सिञ्चति सास्यैतमात्मानम् अग्रगतं भावयति ।'

(ऐतरेय०)

'वीर्यस्वरूप आत्मा स्त्रीमें सिञ्चित होता है और स्त्री उसे (पतिकी) आत्मा मानकर पालती है ।'

'सस्यमिव मर्त्यः पच्यते' (कठोपनिषद्)

'अथ चैनं नित्यजातम्' (गीता २ । २६)

'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म' (गीता २ । २७)

उपर्युक्त वचनोंसे भी यही ज्ञात होता है कि आत्मा भौतिक तत्त्व है, शरीरादिसे विलक्षण नहीं है ।

उत्तरपक्ष—**'कुर्वन्नेवेह'** इस श्रुतिका पूर्वोक्त तात्पर्य नहीं है । आत्मतत्त्वको समझकर पुत्रैषणादिको छोड़कर संसारसे परे जो निरतिशय सुख प्राप्त नहीं कर सकता, वह अनात्मज्ञ पुरुष यज्ञादि शुभ कर्म करते हुए ही अपना आयुष्य पूर्ण करे । यही तात्पर्य है । रेतःसिञ्चनको प्रथम जन्म एवं उत्पत्तिको द्वितीय जन्म जो कहा है, वह आत्माके प्राकट्यके अवच्छेदक शरीरके सम्बन्धमें है, आत्मामें औपचारिक कथन है ।

इसी शरीरात्माका निराकरण यमराजने नचिकेताके प्रश्नोत्तरमें किया है—

'येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके ।'

(कठोपनिषद् १ । १ । २०)

'मनुष्य मरनेके बाद रहता है या नहीं ?' इस प्रश्नका उत्तर यमराजने यही दिया कि—

'तत्ते पदꣳ संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ॥'

न जायते म्रियते वा विपश्चि-
न्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित् ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥

(कठोपनिषद् १ । २ । १५, १८)

यहाँ यही आत्माका लक्षण बतलाते हुए सिद्ध कर दिया कि शरीरादि भौतिक तत्त्व सब विनाशी हैं । वे आत्मा नहीं हैं; क्योंकि आत्मा अजर-अमर है । अर्थात् वह **'जायते'** आदि षड्भावोंसे रहित है ।

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः ।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान् परः ॥

(कठोपनिषद् १ । ३ । १०)

वह आत्मा इन्द्रिय, पृथिव्यादि विषय, अन्तःकरणादि सबसे भिन्न है । शरीरसे सुतरां विलक्षण है ।

२. औ० आत्मतत्त्व विभु

पूर्वपक्ष—शरीरादि विलक्षण आत्मा अणु है, ऐसा सम्प्रदायाचार्यादि मानते हैं । उनका आशय है कि—

'अणोरणीयान्' (कठोपनिषद् १ । २ । २०)

यह आत्माका स्वरूप है ।

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽनन्तरात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः ।

(कठोपनिषद् २ । ३ । १७)

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा···तमात्मस्थम् ॥

(कठोपनिषद् २ । २ । १२)

इन श्रुतियोंसे आत्माका परिमाण अङ्गुष्ठमात्र ही मालूम होता है ।

'वालाग्रशतभागस्य' (श्वेताश्वतर० ५ । ९) इस मन्त्रमें आत्माका अणु परिमाण स्पष्ट ही बतलाया है, एवं अणु परिमाण आत्माका तत्तल्लोकगमन भी सम्भव है । अतः आत्माका परिमाण अणु है—

उत्तरपक्ष—'**अणोरणीयान्**' इस मन्त्रवर्णसे जो 'अणुसे भी अणु' ऐसा आत्माका स्वरूप कहा है, यह उसकी स्तुतिमात्र है, परिमाण-निर्णय नहीं ।

अणिमा महिमा चैव गरिमा लघिमा तथा ।
प्राप्तिः प्राकाम्यमीशित्वं वशित्वं चाष्टसिद्धयः ॥

ये अष्टसिद्धियाँ आत्मामें बतलायी गयी हैं । इसीलिये आगे '**महतो महीयान्**' (बड़े-से-बड़ा) यह वाक्य-शेष भी संगत होगा, अन्यथा परस्पर व्याघात उपस्थित होगा । जो अणु है वह महान् कैसे ? यदि माना जाय तो परिमाणभेदसे आत्मामें भी भेद माना जायगा, जिससे कि आत्माको अनित्य मानना अनिवार्य हो जायगा । अस्तु, अङ्गुष्ठादिमात्रस्वरूपका जो कथन है वह लिङ्ग-शरीरादिके तात्पर्यसे है । आत्मामें औपचारिक है । इस प्रकार विपक्षका बाधन करके स्वपक्ष-(विभुत्व) साधनार्थ श्रुतियोंको प्रमाणरूपेण देते हैं—

'**एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा**' (कठोपनिषद् १ । ३ । १२)

यहाँ बतलाया गया है कि प्रच्छन्नतया सर्वभूतोंमें आत्मा स्थित है । यह बात बिना आत्माके विभु माने नहीं घटित हो सकती है । इसलिये आत्मा विभु है ।

ईशा वास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।
(ईशोपनिषद् १)

सारा जगत् परमेश्वरेण (ईशा) व्याप्त है—आच्छादित है (वास्यम्) ।

'**एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः ।**'

आत्मासे विभु आकाश प्रकट हुआ । अणु आत्मासे विभु आकाशका होना सम्भव नहीं है ।

'**अयमात्मा ब्रह्म**' '**एकमेवाद्वितीयम्**'

ब्रह्म शब्दका ही अर्थ व्यापक है । ब्रह्मपदाभिधेय आत्मा अणु कैसा ? अद्वितीयता तथा एकताके बिना विभुताका सम्भव नहीं है ।

'**तमाहुरग्र्यं पुरुषं महान्तम्**' (श्वेताश्वतरोपनिषद्)

उस पुरुषको अनादि और महान् कहा है ।

'**अस्थूलमनण्वह्रस्वम्**' (बृहदारण्यक०)

यहाँ अणुताका शब्दशः प्रतिषेध भी मिलता है । अतः औपनिषद आत्मा अणु नहीं, प्रत्युत विभु है, सर्वान्तर्यामी है ।

३. आत्मा परिणामी तथा सावयव नहीं

पूर्वपक्ष—कायाकार परिणामी आत्मा है । यह सावयव होनेपर भी कथञ्चित् नित्य ही है । उनका कहना है कि जिस पदार्थके गुण जहाँ उपलब्ध हों, उस परिधिमें ही वह पदार्थ मानना उचित है । आत्माके ज्ञानादि गुणोंकी उपलब्धि यदि शरीरावच्छेदेन ही है तो शरीरव्यापी ही आत्मा मानना चाहिये । न अणु और न विभु । अवयवोंमें संकोच-विकास होता है, अतः चींटीकी आत्मा हस्ति-शरीरमें व्याप्त हो सकती है और हस्तीकी आत्मा चींटीमें भी । ये उपनिषद्को प्रमाण न माननेवाले कुतार्किकोंमेंसे हैं । (जैन)

उत्तरपक्ष—यह सिद्धान्त युक्त्या और श्रुत्या दोनोंके विरुद्ध है । संकोच-विकास ये परिमाणभेद एक वस्तुमें सम्भव नहीं । यदि माना जाय तो आत्माको उत्पाद-विनाशशाली मानना पड़ेगा । जिससे कृतहानि और अकृताभ्यागमरूप दोष आ सकेंगे ।

अवस्थान्तरापत्तिको परिणाम कहते हैं । नित्य आत्माका अवस्थान्तर प्राप्त करना भी संगत नहीं है । उपनिषदोंमें कूटस्थता बतायी है ।

'**ध्रुवं तत्**' (कठोपनिषद्)

'**न जायते म्रियते वा०**' (कठोपनिषद् १ । २ । १८)

'**अविकार्योऽयमुच्यते**' (गीता २ । २५)

इस प्रकार औपनिषद आत्मतत्त्व आत्मा परिणामी किंवा सावयव भी नहीं है, यही ठीक है ।

४. आत्मा ज्ञानस्वरूप, ज्ञानाश्रय नहीं

पूर्वपक्ष—न्यायादि दर्शनोंमें आत्माका यही मुख्य लक्षण माना गया है कि आत्मा वही है जो ज्ञानाधार है । आत्मा स्वतन्त्र द्रव्य है, उसमें समवायसे ज्ञान, सुख, दुःख, इच्छा आदि चतुर्दश गुण उत्पन्न होते हैं और कार्यकारणभावके पौर्वापर्य नियमके (Theory of Causation) अनुसार युक्ति भी सङ्गत है । प्रमाण, प्रमिति, प्रमेय, प्रमाता—इनमें भेद आवश्यक है । इसी प्रकार यदि ज्ञान ही आत्मा है तो घटविषयक ज्ञान आत्मा है या पटविषयक ? यह प्रश्न निरुत्तर रहेगा ।

'**यः सर्वज्ञः सर्ववित्**' इस श्रुतिमें 'सर्वज्ञ' शब्दका यही अर्थ है कि 'सर्वपदार्थविषयक ज्ञानवान्' । यहाँ आधारका

बोध अनिवार्य है। इसी प्रकार **'असुखम्'** इस श्रुतिका भी 'आत्मा सुखभिन्न है' यह अर्थ मानना चाहिये।

उत्तरपक्ष—आत्मा ज्ञानस्वरूप ही है। ज्ञानभिन्न सभी पदार्थ जड़ होते हैं और आत्माको जड़ मानना महामूर्खताका लक्षण है। उपनिषदोंमें कहा है—

'अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिः' (बृहदारण्यकोपनिषद्)
'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' (तैत्तिरीयोपनिषद्)
'अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः' (बृहदारण्यकोपनिषद्)
'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' (")

इन वाक्योंमें आत्माको ज्ञानस्वरूप कहा है। **'विज्ञानम्'** इस वाक्यमें विशेषेण ज्ञान जिसका है, इत्यादि रीतिसे व्याख्यान स्वरशास्त्रके विपरीत होनेके कारण नहीं माना जा सकता। इसलिये औपनिषद आत्मा ज्ञानस्वरूप है यह मानना उचित है। घटविषयक विज्ञान आत्मा है किंवा पटविषयक ? इस प्रश्नका यही उत्तर है कि—**'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** (तैत्तिरीय०) यहाँपर सभी पद लक्षणवृत्तिसे स्वार्थेतर-व्यावृत्त वस्तुस्वरूपके बोधक हैं।

ज्ञान शब्द ज्ञानेतरव्यावृत्त ब्रह्मका बोधक है। अर्थात् ब्रह्म अज्ञानरूप नहीं है अथवा सर्वविषयक ज्ञानको आत्मा कहा जाय तो कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि प्रत्येक सर्वज्ञ इसलिये नहीं हो सकेगा कि वह उपाधिपरिच्छिन्न है। एवं ज्ञानके साधन जो कि अन्तःकरणवृत्त्यादिक हैं, वे सन्निहित नहीं होते, जिस विषयके लिये सामग्री होती है उस विषयमें ज्ञान अवश्य ही होता है।

५. आत्मा उपादान-कारण और निमित्त-कारण

पूर्वपक्ष—**'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद् ब्रह्म।'**

—इत्यादि श्रुतियोंसे जगत्का कारण 'ब्रह्मात्मतत्त्व' है, यह अवगत हुआ। यहाँ यह शङ्का हो सकती है कि घटकी मृत्तिकाके समान उपादान-कारण है किं वा घटके प्रति कुलालके समान निमित्तकारण है ? उचित यही होगा कि उसे 'निमित्त-कारण' माना जाय। क्योंकि उस ब्रह्मके विषयमें उपनिषद्में कहा गया है कि—**'स ऐक्षत ईक्षाञ्चक्रे'** (प्रश्नोपनिषद्) (सृष्टिकी उसने इच्छा की)। इच्छा तथा मननपूर्वक कार्य करना यह निमित्त-कारणका ही लक्षण है। आदान कारणके गुणधर्मोंके कार्यमें अनुवृत्ति पायी जाती है। यदि चेतन आत्माको जगत्का उपादान कहा जाय तो जगत्में कुछ भी जड़ न होकर सब चेतनस्वरूप ही होना चाहिये।

उत्तरपक्ष—यह ठीक है कि ईक्षण करनेवाला ब्रह्म जगत्का कारण है, किंतु उपादान भी मानना चाहिये। जो गुणधर्मके अनुवर्तनका प्रश्न है वह विवर्त माननेसे समाहित हो सकता है। जगत् अविद्याका परिणाम है और ब्रह्मात्मतत्त्वका विवर्त्त है। किसी निश्चयात्मक वस्तुका यदि अन्य रूपसे भान होने लगे तो उसे 'विवर्त्त' कहते हैं। जिस प्रकार रज्जुका सर्पाकार भान होता है। उपादानके ज्ञानसे कार्यका भी ज्ञान सरल होता है, यह विषय आत्माके सम्बन्धमें भी उपपन्न है।

उपनिषद्में प्रश्न किया गया है कि—

'कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति।'

'किसके ज्ञानसे यह सब जाना जा सकता है।'

इस प्रश्नका उत्तर यही है कि—

आत्मनि खल्वरे दृष्टे श्रुते मते विज्ञाते इदꣳ सर्वं विदितं भवतीति।

आत्मतत्त्वके श्रवण-मननादिसे यह सर्व जगत् ज्ञात हो सकता है। यह भान बिना आत्मानुवृत्ति (आत्माव्यतिरेकिता) के नहीं हो सकता, और अव्यतिरेकिता आत्माको उपादान माने बिना नहीं आ सकती। अतः आत्माको उपादान मानना भी आवश्यक है।

६. औपनिषद आत्मा ही केवल जगत्कारण

जो भी यह कार्यजाल दिखायी दे रहा है इस सबका कारण वह एक आत्मा ही है और कोई अन्य उसे अपेक्षित नहीं है। ऐतरेयोपनिषद्में कहा गया है कि—

ॐ आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत्, नान्यत्किञ्चन मिषत्। स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति।

(१।१।१)

'यह सारा जगत् पूर्वमें आत्मा ही था, अन्य कोई और तत्त्व नहीं था, उस आत्माने अपनी इच्छासे लोकका सर्जन किया।'

इससे यह सिद्ध है कि सृष्टिके मूलमें एक ब्रह्म-तत्त्व ही रहा है। सर्व जगत् उसका विवर्त्त है, इसलिये उससे विरूप है।

तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति॥

(कठोपनिषद्)

यह एक कारणवाद युक्तिसङ्गत भी है, दर्शनशास्त्रका उद्देश्य मूलतत्त्वका परिचय कराना ही है; क्योंकि मानव-

की यह स्वाभाविक प्रवृत्ति है कि वह अनेकोंमें एकता देखना चाहता है। अनेक वस्तुओंका भी किसी रूपसे एकीकरण चाहता है। उदाहरणके रूपमें देखिये—

राम, शिव, यज्ञदत्त, देवदत्त नामक व्यक्ति जब हमारे सम्मुख आते हैं तो हमारे अन्तस्तलमें प्रश्न उपस्थित होता है कि 'ये भिन्न ही हैं किं वा किसी रूपसे एक भी हैं?' उत्तर मिलेगा—'ये सब पुरुष हैं।' इसी प्रकार सीता, सावित्री, गोमती, रम्भा आदिमें भी शङ्का होगी। फलतः स्त्रीरूपसे उन्हें एक मान सकते हैं। इन स्त्री-पुरुषसमुदायमें भी मनुष्यत्वेन एकता मिलती है। यह मनुष्यसमूह, दूसरी ओर पशुसमूह, अन्य पक्षिसमूह और कुक्कुरसमूह—इनमें यदि भेद-शङ्का हो तो उसका समाधान है—'ये सब सजीव हैं', अर्थात् प्राणित्वेन (आत्मत्वेन) सबको एक कहेंगे।

इस ओर आत्मा हैं, कुछ जड़ पदार्थ भी हैं, इनमें भेदाभेद-विचारमें ही समस्त दार्शनिकोंका मस्तिष्क स्फोट है। कोई भी इनका एकीकरण नहीं कर पाते तथा जडोंके लिये एक प्रकृति-तत्त्व पृथक् भी मानते हैं, किंतु उपनिषद्की विचारधारामें—इसमें सन्तोष करना उचित नहीं माना गया तथा जड और आत्मा—इनमें भी एकताका अनुभव चाहा और सकल जडको भी **'आत्मैवेदमग्र आसीत्'** कहकर आत्मामें समाविष्ट किया गया। इस प्रकार आत्मा एक ही मूल कारण सिद्ध हुआ, यह श्रुति-सिद्धान्त ही नहीं, बल्कि युक्तियुक्त भी है। जैसा कि पूर्वमें आत्माको कारण सिद्ध किया जा चुका है। लोक-व्यवहारमें भी यह 'न्यूनतम कारणवाद' (Law of parsimony of causes) तथा सृष्टिकी मितव्ययिता (Law of economy of nature) प्रसिद्ध ही है। हम किसी कार्यकी उत्पत्ति यदि स्वल्प कारणोंसे कर सकें तो अधिक एकत्रित (सामग्री) करना उचित नहीं मानते। प्रत्युत ऐसा करनेवालेको 'अविद्वान्' कहते हैं।

इस प्रकार आत्मतत्त्व ही केवल जगत्का उपादान माना जाय, यह श्रुतिसम्मत ही नहीं, प्रत्युत युक्तिसम्मत भी है।

७. आत्मा और जीवमें अद्वैत

उपनिषत्प्रतिपाद्य आत्मतत्त्वका उसके कार्यभूत जगत्से तथा जीवसे भेद है अथवा अभेद? इस दिशामें उपनिषत्-सिद्धान्त तो यही है कि आत्मतत्त्व और जीवतत्त्व—इनमें भेद नहीं है और जगत् भी उससे वस्तुतः भिन्न नहीं है। इस विषयमें महान् मतभेद हैं—

पूर्वपक्ष—कुछ दार्शनिक प्रत्येक शरीरमें भिन्न-भिन्न आत्मा हैं और ईश्वर नहीं है, ऐसा मानते हैं। उनका कहना है कि यदि आत्मा एक हो तो एक ही आत्मामें एक काल-में भिन्न-भिन्न विरोधी गुण कैसे आ सकते हैं।

कुछ अन्य दार्शनिक ईश्वरको मानते हुए भी आत्माओंसे उसी प्रकार भिन्न मानते हैं, जिस प्रकार आत्माएँ सब परस्पर भिन्न हैं। मुण्डकोपनिषद्में कहा है कि—

'द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया' (३ । १ । १)

यहाँपर ईश्वर और जीवके अभिप्रायसे ही 'द्वि' शब्दका प्रयोग किया गया है।

'निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति'

आत्मा निरञ्जन होकर परमेश्वरकी समानता प्राप्त करता है। वह समानता दो भिन्न तत्त्वोंके ही व्यवहारमें आ सकती है।

ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके
गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे।
छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति
पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः॥
(कठोपनिषद् १ । ३ । १)

संसारमें सुकृतके फलका पान करते हुए यद्यपि जीव और ईश्वर—ये दोनों ही फल पान नहीं करते, तथापि जीवसे सम्बन्ध होनेके कारण **'पिबन्तौ'** कहा है।

छाया तथा आतपके समान विलक्षण अर्थात् जीव संसारी और ईश्वर असंसारी है—ऐसा ब्रह्मज्ञजन कहते हैं। इस अर्थमें जीवेश्वर-भेद स्फुट बतलाया है।

× × ×

इसी प्रकार अन्य उपनिषदोंमें भी अनेक प्रकारसे आत्मतत्त्वका निर्देश है।

१. कर्ता-भोक्ता संसारी पुरुष है।
२. साक्षी जीव कर्मफलदाता ईश्वर है।
३. **'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह, नेति नेति'** आदि वचनोंसे बोध्य असंसारी आत्मा। (ऐतरेयोपनिषद्-शाङ्करभाष्यके अनुसार)

× × ×

१. **विश्व**—जागरितावस्थामें जिसको बाह्यका ज्ञान होता है। (माण्डूक्योपनिषद्)
२. **तैजस**—स्वप्नावस्थामें जिसको आभ्यन्तरका ज्ञान होता है। (माण्डूक्योपनिषद्)

३. **प्राज्ञ**—सुषुप्तावस्थामें जिसे कुछ भी भान नहीं होता है। (माण्डूक्योपनिषद्)

४. **तुरीय**—सर्वथा ईश्वर सर्वज्ञ अन्तर्यामी चतुर्थ है। (माण्डूक्योपनिषद्)

जब कि आत्माके ये भेद उपलब्ध हैं, तो एकात्मवाद (अद्वैत) कैसे समझा जाय ? यदि कहा जाय कि—

'तत्सत्यम्.....स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो'

इस छान्दोग्योपनिषद्में तत्=ब्रह्मके साथ 'त्वम्' पदार्थ जीवका अभेद बताया है, तो द्वैत कैसे माना जाय ? ठीक है, किंतु यह अर्थ ठीक नहीं है। तत् शब्द सत्यका परामर्श करता है और 'तत्त्वमसि'का प्रसङ्गसे यही अर्थ होगा कि—'हे श्वेतकेतो ! तू सत्य है, तेरे बिना यह शरीर आदि सब शून्य हैं। अब अद्वैत कैसे माना जाय ?'

यदि कहा जाय कि—**'एकमेवाद्वितीयम्'** यहाँ अद्वितीय तत्त्वका उल्लेख है, तो फिर जीव भिन्न कहाँसे रहेंगे ? यह भी ठीक नहीं। यहाँ 'एक' शब्दसे एक जातीय भी ले सकते हैं, जैसे समस्त घट एकजातीय मृत्तिकासे जायमान हैं न कि एक ही मृत्तिकासे समस्त घट बनें। यह अनुचित भी है, क्योंकि एक ही मृत्तिकासे नाना घट कैसे बन सकते हैं ?

उत्तरपक्ष—पूर्वोक्त विषय उपनिषत्-सिद्धान्तके प्रतिकूल है तथा आपातरमणीय भी है। जो हमें प्रति शरीरमें आत्मभेदका अनुभव होता है वह शरीरके भेदसे ही है, जैसा कि एक ही आकाशके घट, मठ आदि उपाधि-भेदसे भेद व्यवहारमें आता है, वस्तुतः भेद नहीं होता है।

जो यह कहा गया कि विपरीत गुणोंका समावेश कैसे ? उसका उत्तर पहले ही दिया जा चुका है कि आत्मा निर्गुण है। सभी गुण अन्तःकरणके ही आत्मामें प्रतिफलित होते हैं। आत्माके लिये कहा गया है कि **'असङ्गो हि सः'** (वह असङ्ग=गुणादि धर्मरहित है।) बृहदारण्यकोपनिषद्में कहा है कि—

'कामो विचिकित्सा ह्रीर्धीरित्येतत्सर्वं मन एव।'

इससे यह सिद्ध है कि—आत्मामें ये सब धर्म नहीं हैं, सुख-दुःखादि सब गुण अन्तःकरणमें ही हैं।

'द्वा सुपर्णा' आदि वाक्योंमें जो जीवेश्वर-भेदकी कल्पना बतलायी है, वह भी औपचारिक है, वास्तविक नहीं है।

कर्ता, ईश्वर, असंसारी, प्राज्ञ, विश्व, तैजस, तुरीय आदि एक ही आत्माकी औपाधिक दशाएँ हैं, न कि इन नामवाले कोई भिन्न आत्मा हैं।

तत्सत्यम्.....स आत्मा..... तत्त्वमसि।'

—का जो आधुनिक आर्यजन अर्थ करते हैं, वह ठीक नहीं है; क्योंकि उससे प्रकरणसङ्गति नहीं बैठती।

तत् सत्यम्=वह ब्रह्म सत्य है (असत्यव्यावृत्त है)। **स आत्मा**=वही ब्रह्म आत्मा है। **तत्त्वम्**=तुम भी वही ब्रह्म हो, तत् शब्दसे विशेषणवाच्य सत्यका परामर्श करना अनुचित है। इससे जीवब्रह्मैक्य सिद्ध है।

'एकमेवाद्वितीयम्' यहाँ 'एक' शब्दका अर्थ 'कैवल्य' है, जो कि 'सजातीय, विजातीय और स्वगतभेदशून्य' अर्थमें आता है। यदि पूर्वोक्त ही अर्थ माना जाय तो **'नेह नानास्ति किञ्चन'** इत्यादि वचन भी असङ्गत होंगे। निम्नलिखित वाक्योंसे भी अद्वैत कथित है—

'यथाग्नेः क्षुद्राः स्फुलिङ्गा व्युच्चरन्ति, एवमेवास्मादात्मनः सर्वे आत्मानो व्युच्चरन्ति।'

(बृहदारण्यकोपनिषद्)

प्रथमावस्थामें एक ही आत्मतत्त्व है और उसीके समस्त अग्निकणके समान भेद हैं।

'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्।'	(छान्दोग्योपनिषद्)
'ऐतदात्म्यमिदं सर्वम्।'	(,,)
'अहं ब्रह्मास्मि।'	(,,)
'अयमात्मा ब्रह्म।'	(,,)

इन वाक्योंसे जीव और ब्रह्मकी वास्तविक एकता स्फुट ही है।

× × ×

'नेति' 'यतो वाचो निवर्तन्ते' आदि वाक्योंसे भी पूर्वोक्त अद्वितीय आत्मतत्त्व ही प्रतिपाद्य है। जैसे—एक अपराधी मुग्ध-पुरुषसे उसका स्वामी कह दे कि 'तुझे धिक्कार है, तू मनुष्य नहीं है।' यह सुनकर मुग्ध पुरुष सन्दिग्ध होकर अन्य किसी विज्ञके पास जाकर अपने स्वरूपके सम्बन्धमें पूछने लगे कि 'कृपया मुझे बतलाइये मैं कौन हूँ।' वह विज्ञ पुरुष उसकी मुग्धतापर मन-ही-मन हँसकर उससे कहेगा कि—'मैं क्रमशः तुझे समझा दूँगा।' इतना कहकर वह विज्ञ पुरुष मुक्त पुरुषको समझावेगा कि 'तू घट, पट, पृथिवी, शरीर आदि नहीं है, न पाषाण है, न जल है और

न तेज है अर्थात् तू अमनुष्य नहीं है।' इस प्रकार विज्ञ पुरुषद्वारा अमनुष्य प्रतिषेधरूपसे 'तू मनुष्य है' यह समझाया जा सकता है; किंतु वह मुग्ध पुरुष यदि समझदार होगा तभी समझ सकेगा न कि मुग्धावस्थामें।

इसी प्रकार 'नेति' शास्त्र संसारकी दृश्य सकल वस्तुओंका प्रतिषेध करते हुए ब्रह्मस्वरूपका परिचय कराते हैं। किंतु इन वाक्योंसे आत्मावबोध अन्तःशुद्धि होनेपर ही होगा, न कि उस मुग्ध पुरुषकी तरह जिसे 'तू अमनुष्य नहीं' यह कहनेपर तो क्या, किंतु 'तू मनुष्य है' यह कहनेपर भी बोध नहीं हो पाता, अपवित्र रहनेपर।

इस प्रकार पूर्व शङ्का-समाधानोंसे औपनिषद आत्मतत्त्वका संक्षिप्त परिचय कराया जा सकता है। वस्तुतः वह असंसारी, अनिर्वचनीय अद्वितीय है। लेखके कलेवरवृद्धिके भयसे इस विषयको यहीं समाप्त किया जाता है। यदि इस लेखके द्वारा पाठकोंका किञ्चिन्मात्र भी लाभ होगा तो लेखक अपना परिश्रम सफल समझेगा।

उपनिषदोंका महत्त्व और उद्देश्य

(लेखक—श्रीताराचन्द्रजी पाण्ड्या, बी० ए०)

वेदोंके कर्मकाण्ड-भागकी तो गीताने अप्रशंसा-सी ही की है (श्रीमद्भगवद्गीता २। ४२–४५; ९। २०-२१), परंतु उपनिषदोंसे ही तो गीताकी उत्पत्ति हुई है—वह उपनिषद्-रूपी गायोंका दूध है और जैसा कि गीताके प्रत्येक अध्यायको समाप्त करनेवाले शब्दोंसे सूचित है, गीता स्वयं भी एक उपनिषद् है। उपनिषदोंके अनेक मन्त्र प्रायः ज्यों-के-त्यों गीतामें गुम्फित हैं।

अशाश्वत, जड, परस्वरूप सांसारिक पदार्थोंको छोड़कर शाश्वत, विज्ञानघन, आनन्दमय, निजस्वरूप आत्माको पहचाननेका और उससे तन्मय हो जानेका जो दिव्य और सनातन ज्ञान आदिम कालमें उद्भूत—अवतरित—हुआ था, वह उपनिषदोंमें निहित है। उपनिषदोंका लक्ष्य है—**'आत्मानं विद्धि'**—आत्माको—अपने आपको जानो—पहचानो। जो इस आत्माको नहीं जानते और उसके स्वरूपसे विमुख रहते हैं। वे आत्मघाती हैं, उनकी अधोगति होती है—

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः।
तांस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः॥
(ईशावास्योपनिषद् ३)

आत्मज्ञानको ही विद्या माना है और शेषको अविद्या। अविद्यासे मोहजनक विनश्वर लौकिक सुख भले ही प्राप्त हो जायँ, परंतु अनन्त और वास्तविक आनन्द (अमृतत्व) तो विद्यासे ही उपलब्ध हो सकता है। जो विद्यासे रहित है, वह न तो स्वयं कल्याण-पथपर चल सकता है और न दूसरोंका ही मार्ग-प्रदर्शन कर सकता है—

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः
स्वयं धीराः पण्डितम्मन्यमानाः।
दन्द्रम्यमाणाः परियन्ति मूढा
अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः॥
(कठोपनिषद् १। २। ५)

किंतु विद्या वही सुफल दे सकती है जो सच्ची और हार्दिक हो; मिथ्या या कपटपूर्ण (Hypocritical) होनेपर तो वह विद्या (या विद्याभास) अविद्यासे भी अधिक अनर्थकारिणी हो जाती है—

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायाꣳरताः॥
(ईशावास्योपनिषद् ९)

विद्या श्रेय है और अविद्या प्रेय है। प्रेयसे श्रेय अधिक उपादेय है। जो विद्या और अविद्याकी भिन्न-भिन्न सिद्धियोंको समझता है और अपने उच्चतर एवं एकमात्र लक्ष्य आत्मोपलब्धिसे च्युत नहीं होता, वह दोनोंका सदुपयोग करके लाभ उठा सकता है अर्थात् अविद्यासे मृत्यु अर्थात् लौकिक कष्टोंको दूर करके और इस प्रकार अपेक्षाकृत सुखपूर्वक विद्याका साधन करके अमृतत्वको प्राप्त कर सकता है—

अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते।
(ईशावास्य० १४)

परंतु यथार्थ और एकमात्र उद्देश्य तो अमृतत्वकी प्राप्ति ही रखना चाहिये और अन्य सब कामनाओंको हेय ही समझना चाहिये।

पराचः कामाननुयन्ति बाला-
स्ते मृत्योर्यन्ति विततस्य पाशम्।
अथ धीरा अमृतत्वं विदित्वा
ध्रुवमध्रुवेष्विह न प्रार्थयन्ते॥
(कठोपनिषद् २। १। २)

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः ।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ॥
(कठोपनिषद् २ । ३ । १४)

आत्माके लिये शरीर है, न कि शरीरके लिये आत्मा । शरीर तो आत्माकी गति (ऊर्ध्वगति या अधोगति) के लिये एक साधन है । इसका उपयोग करनेवाला इससे भिन्न है ।

आत्मानꣳ रथिनं विद्धि शरीरꣳ रथमेव तु ।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥

नचिकेता, जाबाल आदिकी अनेक कथाओंसे उपनिषदोंकी प्रभावकता और भी अधिक बढ़ी हुई है। ये सुन्दर, सरल और हृदयस्पर्शी कथाएँ जिस सात्त्विक प्राचीन कालकी घटनाओंका वर्णन करती हैं, उसे मानो हजारों और लाखों वर्षोंके व्यवधानको दूर करती हुई आँखोंके सामने ले आती हैं और उसकी पवित्रताकी सुगन्ध हृदयमें भर देती हैं ।

उच्च आध्यात्मिक ज्ञानके विषयवाले होनेपर भी उपनिषदोंके अनेक वाक्य निम्नस्तरके दैनिक जीवनके लिये भी अत्युपयोगी हैं । **'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्' 'मा विद्विषावहै'** आदि वचनोंके अनुसरणकी वर्तमान जगत्के हित, सुख तथा रक्षाके लिये कितनी आवश्यकता है, यह सूर्य-प्रकाशवत् इतना सुस्पष्ट है कि इसको बतानेकी आवश्यकता नहीं है ।

उपनिषद्-ग्रन्थोंका रचनाकाल

(लेखक—ज्यो० भू० पं० श्रीइन्द्रनारायणजी द्विवेदी)

संस्कृत साहित्यमें उपनिषद्-ग्रन्थोंका स्थान बहुत ऊँचा है । यहाँतक कि वेदोंके शिरोभागके नामसे उपनिषदोंका परिचय दिया जाता है और अध्यात्मज्ञानके लिये उपनिषद्-ग्रन्थ ही एकमात्र साधन हैं । वेदान्तसूत्र और श्रीमद्भगवद्गीता आदि समस्त गीताएँ उपनिषदोंके ही ज्ञानरत्नोंसे परिपूर्ण हैं । अवश्य ही हमारे उपनिषद्-ग्रन्थोंमें सबसे अधिक मान उन उपनिषदोंका है, जो संहिता अथवा ब्राह्मणरूप वेदोंके अन्तर्गत हैं; किंतु उन उपनिषदोंका भी मान है, जिनके मूल वेद और ब्राह्मणके उपलब्ध भागोंमें हमको वर्तमान समयमें नहीं मिलते और वेदानुयायी पौराणिक साहित्यमें जिनके प्रमाण मिलते हैं । ये सब उपनिषद्-ग्रन्थ, संस्कृत-साहित्यमें हम भारतीयोंके ज्ञानकाण्डके भण्डार माने जाते हैं ।

हमारे उपनिषद्-ग्रन्थोंका इस प्रकार मान देखकर किसी चाटुकारने अकबरके समयमें 'अल्लोपनिषद्' नामकी एक छोटी-सी पुस्तिका लिखी थी, जिसमें अर्बी और संस्कृतकी मिश्रित भाषामें दस गद्य हैं और रसूल, महम्मद, अकबर आदि शब्द आये हैं; किंतु इतने स्पष्ट प्रमाणोंके होते हुए भी इस समयके एक इतिहासके विद्वान्के मुखसे उसकी गणना वैदिक साहित्यमें कराके मुसल्मानोंके पुष्टीकरणकी नीतिसे चाटुकारी दोहरायी गयी है—यह कितने आश्चर्यकी बात है । इतना ही नहीं, हमारे उपनिषद्-ग्रन्थोंकी ओरसे श्रद्धा हटानेके अभिप्रायसे प्रो० मैक्समूलर-जैसे विद्वान्ने एक 'मक्स्योपनिषद्' नामकी पुस्तिका रची थी और लोगोंके आपत्ति करनेपर प्रोफेसर साहबने लिखा था कि हमने मज़ाकके तौरपर इसकी रचना की है । प्रोफेसर साहबका वह पत्र 'सरस्वती' मासिक-पत्रिका (प्रयाग) में छपा था । सम्भवतः इसी प्रकार दूसरे चाटुकार, मज़ाकी अथवा अपने धार्मिक मतके समर्थनमें उपनिषद्नामसे कुछ पुस्तकें लिखनेकी चेष्टा करनेवाले और भी हुए हों अथवा भविष्यमें हों, जिनकी रचनासे लोगोंको उपनिषद्-ग्रन्थोंके विषयमें सन्देह हो । अतएव केवल उपनिषद् नामपर नहीं—उसके आधार और ज्ञानोपदेशपर विचार करके हमको निश्चय करना चाहिये कि ये ग्रन्थ वस्तुतः उपनिषद्-ग्रन्थ हैं अथवा चाटुकारों और धूर्तोंकी कपोल-कल्पना है ।

जिन उपनिषद्-ग्रन्थोंका हमारे संस्कृत-साहित्यमें सर्वोच्च स्थान है और जिनका अस्तित्व हमारे वैदिक साहित्यमें उपलब्ध है, आज हम उन्हीं उपनिषद्-ग्रन्थोंके रचना-कालपर विचार करना चाहते हैं । मैत्रायणीशाखामें अपाणिनीय शब्दोंको देखकर कुछ लोगोंका मत है कि वह शाखा पाणिनिके पूर्वकी है । अतएव मैत्र्युपनिषद् भी पाणिनिके पूर्वकालकी है, किंतु भाषातत्त्वके विद्वानोंके इस मतसे हम सहमत नहीं कि किसी ग्रन्थमें अपाणिनीय शब्दके प्रयोगसे उसको हम पाणिनिसे पूर्वका ग्रन्थ मान लें, अथवा उसके आधारपर पाणिनिके समयको हम पीछे हटानेकी चेष्टा करें; क्योंकि संस्कृत-साहित्यमें न जाने कितने आधुनिक ग्रन्थ भी ऐसे हैं, जिनमें अपाणिनीय शब्दोंके प्रयोग अधिकतासे मिलते हैं ।

अवश्य ही मैत्र्युपनिषद् (६ । १४) में ज्यौतिष-सम्बन्धी 'मघाद्यं श्रविष्टार्द्धम्'के रूपमें दक्षिणायनका वर्णन आया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि उस समय आधे धनिष्ठासे उत्तरायण (मकरका आरम्भ) होता था। स्व० बा० लोकमान्यतिलकने गीतारहस्य (पृ० ५५२) में लिखा है कि 'मैत्र्युपनिषद् ईसाके पहले १८८० से १६८० वर्षके बीच कभी-न-कभी बना होगा। क्योंकि लोकमान्यके मतसे वेदाङ्ग ज्यौतिष-कालका उदगयन, मैत्र्युपनिषद्-कालीन उदगयनकी अपेक्षा लगभग आधे नक्षत्रसे पीछे हट आया था। ज्योतिर्गणितसे यह सिद्ध होता है कि वेदाङ्ग-ज्यौतिषमें कही गयी उदगयन-स्थिति ईसाई सन्के लगभग १२०० या १४०० वर्ष पहलेकी है' (गीतारहस्य पृ० ५५२)। सारांश यह कि लोकमान्यके मतसे मैत्र्युपनिषद् ग्रन्थका रचनाकाल, ईसासे पूर्व कम-से-कम १२०० वर्ष सिद्ध होता है।

मैत्र्युपनिषद्-ग्रन्थमें अनेक स्थलोंमें छान्दोग्य, बृहदारण्यक, तैत्तिरीय, कठ और ईशावास्य-उपनिषदोंके वाक्य तथा श्लोक प्रमाणार्थ उद्धृत किये गये हैं। अतएव यह स्वयंसिद्ध है कि छान्दोग्य, बृहदारण्यक, तैत्तिरीय, कठ और ईशावास्य उपनिषद्ग्रन्थ ईसाके पूर्व १२००-१४०० वर्ष (मैत्र्युपनिषद्-ग्रन्थ रचनाकाल) के भी बहुत पहलेके हैं। अवश्य ही ज्यौतिषगणितके अनुसार लोकमान्यतिलकने जो समय निश्चित किये हैं, वे समय वस्तुतः निश्चित ही हैं—यह कहना ठीक नहीं है; क्योंकि आधुनिक गणितज्ञोंके मतसे ज्यौतिषकी वही स्थिति जो मैत्र्युपनिषद्-ग्रन्थमें कही गयी है—आधे धनिष्ठासे उत्तरायणका आरम्भ, ईसासे पूर्व जिस प्रकार १८८०-१६८० वर्ष पूर्व हुई होगी, ठीक उसी प्रकारकी स्थिति ईसासे २७८८०-२७१६८० वर्ष पूर्व भी थी और उसके पूर्व भी २६०००-२६००० वर्ष पूर्व होती रही है। अतएव हम इस बातको माननेके लिये बाध्य नहीं कि हमारे वैदिक साहित्यके शिरोभाग उपनिषद्-ग्रन्थ ईसासे पूर्व १८८०-१६८० वर्षमें ही रचे गये हैं। अवश्य ही जिन पाश्चात्य विद्वानोंके धर्म-ग्रन्थानुसार मानव-सृष्टिका आरम्भ ही ईसासे पूर्व लगभग ४००० वर्षसे माना जाता है, वे उपनिषद्-ग्रन्थोंके उत्तरायण-वर्णनसे अन्तिम काल ईसासे पूर्व १८८०-१६८० उपनिषद्-ग्रन्थोंका रचनाकाल मानें तो इसमें आश्चर्यकी बात नहीं है; किंतु वैदिकधर्मके माननेवाले भारतवासी हम जिनके सृष्टिका आरम्भकाल इस समय विक्रम संवत् २००५ के १९५५८८५०४९ वर्ष पूर्व माना गया है; और जिनके सिद्धान्त ज्यौतिषके गणित सहस्र चतुर्युगीय कल्पके आधारपर किये गये हैं; अपने उपनिषद्-ग्रन्थोंका रचनाकाल नहीं, आविर्भावकाल उस समयको मानेंगे जो मघा-नक्षत्रसे दक्षिणायन और आधे धनिष्ठा नक्षत्रसे उत्तरायणका समय वर्तमान सृष्टिमें (जिसके छः मन्वन्तर बीत चुके हैं और सातवें मन्वन्तरके अट्ठाईसवें कलियुगके ५०४९ वर्ष भी बीत चुके हैं) सबसे प्रथम आया होगा।

सारांश यह कि हमारे उपनिषद्-ग्रन्थोंका रचनाकाल, आधुनिक गणितज्ञोंके गणितसे ही अतिप्राचीन सिद्ध होता है और यदि पुरातत्त्वज्ञानके प्रचारसे पाश्चात्य विद्वानोंको अपने मानव-सृष्टिकालके आरम्भकालकी त्रुटि विदित हो गयी और वैदिक सृष्टिकी ओरसे अविश्वास हट गया तो वे भी यह बात मान लेंगे कि हमारे वैदिक साहित्यके शिरोभाग-उपनिषद्-ग्रन्थों-का रचनाकाल शताब्दियोंमें नहीं गिना जा सकता। हम आशा करेंगे कि पक्षपात और धर्मविरोधी भावनाको त्यागकर ऐतिहासिक जन हमारे इस विचारकी ओर अवश्य ध्यान देंगे कि उपनिषद्ग्रन्थोंके समय-निरूपणमें सबसे प्रथम धनिष्ठार्द्धके उत्तरायणको न मानकर सबसे अन्तके धनिष्ठार्द्धके उत्तरायण-को माननेके लिये क्या कोई प्रमाण है? और यदि नहीं तो, हमारा मत अवश्य सर्वमान्य होना चाहिये।

औपनिषद सिद्धान्त

ब्रह्म, सगुण, निर्गुण तथा निराकार, साकार। परमात्मा, परमेश, विभु, विश्व, विश्व-आधार॥
प्रणव, यज्ञ, यज्ञेश, सब प्रकृति, पुरुष, पर, वेद। भेदरहित, नित भेदमय, संयुत भेदाभेद॥
सर्वरूप, शुचि, सर्वमय, शाश्वत, सर्वातीत। शुद्ध सत्त्व; पुनि त्रिगुणमय, यद्यपि त्रिगुणातीत॥
नारायण, नरसिंह, श्रीकृष्ण, राम, गोपाल। सूर्य, शक्ति, गणनाथ, शिव, रुद्र, स्वयम्भू, काल॥
नाम-रूप-लीला विविध तत्त्व एक वेदान्त। वाणी-मन-मतिसे परे औपनिषद सिद्धान्त॥

वेदों और उपनिषदोंमें मांस-भक्षण और अश्लीलता नहीं है

(लेखक—पाण्डेय पं० श्रीरामनारायणदत्तजी शास्त्री 'राम')

वेद अपौरुषेय हैं—परमात्माके निःश्वासरूप हैं। वे ज्ञानके अक्षय एवं अगाध भण्डार हैं। वेदवेद्य परमात्मा और वेद दोनों ही 'ब्रह्म' नामसे प्रतिपादित होते हैं। वेद ज्ञानमय हैं और ज्ञान ही ब्रह्मका स्वरूप है। अतः वेद ब्रह्मसे भिन्न नहीं हैं। ब्रह्मके लिये विज्ञान, आनन्द, सत्य एवं अनन्त आदि विशेषण प्रयुक्त होते हैं; ये सभी वेदमें भी गतार्थ हो जाते हैं। यद्यपि ब्रह्म निर्विशेष है—अनिर्वचनीय है, तथापि जब हम वाणीद्वारा उसके स्वरूपके सम्बन्धमें कुछ कहनेको प्रस्तुत होते हैं, तब हम उसे सविशेष कर ही देते हैं। यह ब्रह्मकी न्यूनता नहीं, हमारी अपनी असमर्थता है। जैसे ब्रह्म अनवद्य और अनामय है, वैसे ही वेद भी हैं; अतः वेदमें कोई ऐसी बात नहीं हो सकती जो मनुष्यके लिये परम कल्याणमयी न हो। जब ब्रह्म ही शान्त और शिवरूप है तब उसीका ज्ञान वेद अशिवरूप कैसे हो सकता है? वेदका शिरोभाग है उपनिषद्, जो केवल ज्ञानप्रधान होनेसे 'ज्ञानकाण्ड' कहलाती है। वेदोंका अन्त अथवा वेदोंका चरम सिद्धान्तरूप होनेसे उपनिषद्को वेदान्त-शास्त्र भी कहते हैं। जीवमात्रके अकारण सुहृद् परमात्माने अपने स्वरूपभूत वैदिक ज्ञानका आलोक इसीलिये प्रकाशित किया कि सब लोग इस तमोमय जगत्से निकलकर प्रकाशमय परमात्मपदकी ओर बढ़ें। असत्से सत्की ओर और मृत्युसे अमृतपदकी ओर प्रगति कर सकें।

इतनेपर भी कुछ लोगोंने वेदोंपर लाञ्छन लगानेकी चेष्टाएँ की हैं, उनपर दोषारोपणका दुःसाहस किया है। उनकी समझमें वेदोंसे मांस-भक्षणकी प्रवृत्तिको प्रोत्साहन मिलता है और वेदोंमें उन्हें अश्लीलता भी दिखायी देती है। यह तो निर्विवाद सिद्ध है कि प्रकाशमें तम नहीं रह सकता। फिर भी, जब हम प्रकाशमें खड़े होते हैं तो हमें वहाँ अपनी ही छाया दीख पड़ती है। निर्मल जल या स्वच्छ दर्पणमें निकटसे देखनेपर हमें अपने ही प्रतिबिम्बका दर्शन होता है। यदि हम उस काली छायाको भी प्रकाशका अङ्ग तथा प्रतिबिम्बको भी जल और दर्पणका अवयवविशेष मान लें तो इससे हमारे ही अज्ञानका परिचय मिलेगा; इससे उन प्रकाशादि वस्तुओंकी निर्मलतामें दोष नहीं आ सकता। यही दशा उपर्युक्त आरोपोंकी भी है। वेदोंमें न मांसकी विधि है, न अश्लीलताका नग्न चित्रण ही। यह सब हमें अपने परिवर्तित दृष्टिकोणके कारण दृष्टिगोचर होता है। जैसे सब प्रकारकी आसक्तियोंके त्यागपूर्वक भगवान्के अनन्यशरण होनेसे ही श्रद्धालु भक्तको उनके यथार्थ तत्त्वका बोध या साक्षात् उनके स्वरूपकी प्राप्ति होती है, उसी प्रकार मत-मतान्तरोंके आग्रहसे रहित हो भक्तिभावसे वेद भगवान्की शरणमें जानेसे ही वेदके यथार्थ तत्त्वकी उपलब्धि हो सकती है। **'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः'**—'वेद अथवा भगवान् स्वयं ही दया करके जिसे अपना लें, उसीको वे प्राप्त होते हैं।' अतः केवल मेधावी पण्डित होनेसे या बहुतसे शास्त्रोंका अध्ययन कर लेनेमात्रसे अहङ्कारवश कोई वेदके यथार्थ तत्त्वको पूर्णतया नहीं जान सकता—**'न मेधया न बहुना श्रुतेन।'**

मनुष्योंमें अनेक प्रकृतिके लोग होते हैं; गीतामें उनको दो भागोंमें विभक्त किया गया है—एक दैवी प्रकृति और दूसरी आसुरी प्रकृति—

द्वौ भूतसर्गौ लोकेऽस्मिन् दैव आसुर एव च।

भयका अभाव, अन्तःकरणकी स्वच्छता, तत्त्वज्ञानके लिये ध्यानयोगमें निरन्तर स्थिति, दान, इन्द्रियसंयम, यज्ञ, स्वाध्याय, तप, सरलता, अहिंसा, सत्य, क्रोधका अभाव, त्याग, शान्ति, चुगली न खाना, समस्त प्राणियोंपर दया, अलोलुपता, मृदुता, लज्जा, अचञ्चलता, तेज, क्षमा, धृति, शौच, कहीं भी वैरभाव न होना तथा अभिमानका अभाव—ये सब दैवी प्रकृतिके लोगोंमें विकसित होनेवाले सद्गुण हैं।

आसुरी प्रकृतिके लोग इनसे सर्वथा विपरीत होते हैं। कौन-सा काम करना चाहिये और कौन-सा नहीं—हम किसमें लगें और किस कार्यसे अलग रहें—इन सब बातोंको वे बिल्कुल नहीं समझते। शौच, सदाचार और सत्य तो उनमें रहता ही नहीं। वे जगत्को बिना ईश्वरके ही उत्पन्न हुआ मानते हैं। इसके मूलमें कोई सत्य है, इसका कोई नित्य चेतन आधार है—इन सब बातोंको वे नहीं स्वीकार करते। उनकी समझमें केवल काम ही इस जगत्का हेतु है और यह स्त्री-पुरुषोंके संयोगसे ही सतत उत्पन्न होता है। इस मिथ्या ज्ञानका आश्रय लेनेसे उनका सत्स्वरूप आत्मा तिरोहित-सा हो जाता है; वे अल्पबुद्धि होनेके कारण सबका अहित करनेवाले

क्रूरकर्मी बन जाते हैं और जगत्‌के विनाशमें ही कारण बनते हैं। वे अपने मनमें ऐसी-ऐसी कामनाएँ पालते हैं, जो कभी पूर्ण न हो सकें। वे दम्भ, मान और मदसे उन्मत्त होते हैं और मोहवश मिथ्या सिद्धान्तोंको ग्रहण करके भ्रष्टाचारसे संयुक्त हो स्वेच्छाचारपूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं। मरण-पर्यन्त अनन्त चिन्ताओंमें डूबे रहते हैं। सदा कामोपभोगमें संलग्न होकर—इतना ही सुख है—ऐसा मानते रहते हैं। सैकड़ों आशाके बन्धनोंमें बँधकर, काम-क्रोधपरायण हो, काम-भोगके लिये ही वे अन्यायपूर्वक धनसंचय करना चाहते हैं। आज यह पा लिया, कलको अमुक मनोरथ सिद्ध करूँगा, इतना धन तो मेरे पास है ही, फिर यह भी मेरा ही हो जायगा। अमुक शत्रुको तो मार डाला और दूसरे जो बचे हैं, उनका भी सफाया करके छोड़ूँगा। मेरी शक्ति किसीसे कम नहीं है—मैं ईश्वर हूँ, मैं भोगी हूँ, मैं सिद्ध, बलवान् और सुखी हूँ। धनी और जनताका नेता हूँ; संसारमें दूसरा कौन है जो मेरी बराबरी कर सके। मैं इच्छानुसार यज्ञ, दान और आनन्दोपभोग करूँगा। ये ही सब उनके मुखसे निकले हुए उद्‌गार हैं। वे अपने ही बड़प्पनकी डींग मारनेवाले, घमंडी तथा धन और मानके मदसे उन्मत्त होते हैं; और पाखण्डपूर्ण नाममात्रके यज्ञों-द्वारा अविधिपूर्वक यजन करते हैं। अहङ्कार, बल, दर्प, काम और क्रोधका आश्रय ले अपने और दूसरेके शरीरमें स्थित अन्तर्यामी परमेश्वरसे द्वेष करते और उनकी नित्य निन्दा करते हैं। तथा इसीलिये वे अन्ततोगत्वा बार-बार आसुरी योनि और नरकमें पड़ते हैं। (गीता अध्याय १६)

कहनेकी आवश्यकता नहीं कि प्रायः ऐसे आसुरी प्रकृतिके लोग ही मांस और अश्लील सेवनकी रुचि रखते हैं और अधिकांशमें ऐसे ही लोगोंने अर्थका अनर्थ करके सर्वत्र मद्य, मांस और मैथुनकी प्रवृत्तियोंको प्रसारित करने-की चेष्टाएँ की हैं।* कहा जाता है, वेदोंमें यज्ञके लिये पशुहिंसाकी विधि है। अतः वेदोंका मान रखनेके लिये कुछ लोग **'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति।'** वेदविहित हिंसाका नाम हिंसा ही नहीं है, ऐसा कहा करते हैं। परंतु हिंसा हिंसा ही है, फिर वह चाहे कैसी ही हो। वेदोंकी तो **यह** स्पष्ट आज्ञा है—**'मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि।'** (किसी भी प्राणीकी हिंसा न करे।) फिर वैदिकी हिंसा क्या वस्तु है। जगत्‌के प्राणियोंको कष्ट देनेवाले दस्युओं, आततायियों तथा पापियोंके लिये जो प्राणदण्डका आदेश मिलता है; वह हिंसा नहीं, दण्ड है। दण्ड अपराधीको ही दिया जाता है, निरपराधको नहीं। 'दस्युता', 'आततायीपन' अपराध है; अतः इनके लिये दण्डका औचित्य है; किंतु उन भेड़-बकरे आदि पशुओंका क्या अपराध है, जिनको दण्ड दिया जाय। वह भी यज्ञके नामपर। यज्ञ परमेश्वरकी आराधना है। परमेश्वर विश्वके पालक और शिवरूप हैं। अतः विश्वके संरक्षण और कल्याणमें योग देना ही परमेश्वरकी यथार्थ पूजा अथवा यज्ञ है। किसी निरपराध पशुके रक्त-मांससे परमेश्वरको तृप्त करनेकी कल्पना कितनी बीभत्स है! यह तो—

मामात्मपरदेहेषु प्रद्विषन्तोऽभ्यसूयकाः।

—के अनुसार स्पष्टतः ईश्वरद्रोह है। यह ईश्वरद्रोह ही जिनकी प्रकृति है, उन असुरोंने ही समय-समयपर वेदोंके अर्थोंको बदलनेकी चेष्टा की है। बृहदारण्यकोपनिषद्‌में प्रथम अध्यायके तृतीय ब्राह्मणमें कथा आती है कि प्रजापतिके ज्येष्ठ पुत्रों—देवताओंने 'वाक्' आदि प्राणोंसे कहा, 'तुम हमारे लिये उद्‌गान करो।' उन्होंने वैसा ही किया। तब असुरोंने समझा कि इस प्रकार तो ये देवता हमें पराजित ही कर देंगे, अतः उन्होंने उन वाक् आदिको पापसे विद्ध कर दिया—**'पाप्मना-विध्यन्।'** इससे उनमें असत्य-भाषण आदिका दोष आ गया। जो असुर हमारी इन्द्रियोंपर भी अपने संस्कार डाल सकते हैं; उन्होंने ग्रन्थोंमें कुछ मिलानेकी चेष्टा की हो तो क्या आश्चर्य। इसीलिये कहा जाता है कि मांस खानेकी प्रवृत्ति मनुष्यमें स्वाभाविक नहीं; यह तो निशाचरोंके प्रयत्नसे हुई है—

मांसानां खादनं तद्वन्निशाचरसमीरितम्।

महाभारत अनुशासनपर्वमें कहा गया है कि प्राचीन कालमें मनुष्योंके यज्ञ-यागादि केवल अन्नसे ही हुआ करते थे। मद्य-मांस आदिकी प्रथा तो पीछेसे धूर्त असुरोंने चला

* यह सत्य है कि इधरके कुछ परम आदरणीय आचार्यों और महानुभावोंने भी किन्हीं-किन्हीं शब्दोंका मांसपरक अर्थ किया है। इसका प्रधान कारण यह है कि उनमेंसे अधिकांश परमार्थवादी महापुरुष थे। गूढ़ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विषयोंपर विशेष दृष्टि रखकर उनका विशद अर्थ करनेपर उनका जितना ध्यान था, उतना लौकिक विषयोंपर नहीं था। इसीसे उन्होंने ऐसे विषयोंका वही अर्थ लिख दिया जो देशकी परिस्थितिविशेषके कारण उस समय अधिकांशमें प्रचलित था।

दी। वेदमें इन वस्तुओंका विधान नहीं है।* असुर शब्दका अर्थ है—प्राणका पोषण करनेवाला। जो अपने सुखके लिये दूसरे प्राणियोंकी हिंसा करते हैं, वे सभी असुर हैं। आसुरी प्रकृतिके मनुष्य पढ़-लिखकर विद्वान् हो जानेपर भी देहासक्ति और देहाभिमान नहीं छोड़ पाते। वे शास्त्र इसीलिये पढ़ते हैं कि शास्त्रका मनमाना अर्थ करके अपने मतकी पुष्टि कर सकें। अतः शास्त्रसे वे यथार्थ ज्ञानको नहीं ग्रहण कर पाते। केवल शब्दोंकी व्युत्पत्ति करके खींचतानसे चाहे जो अर्थ निकाल लेना अपनेको और दूसरोंको भी धोखा देना है। वेद ईश्वरीय ज्ञान हैं। महर्षियों तथा मेधावी महात्माओंने वेदार्थको समझनेके लिये भी कुछ पद्धतियाँ निश्चित की हैं; उन्हींके अनुसार चलकर हमें श्रद्धापूर्वक वेदार्थको समझनेका यत्न करना चाहिये। भगवान्‌से प्रार्थना करनी चाहिये कि वे अन्तःकरणमें स्थित होकर कृपापूर्वक वेदोंके सत्य अर्थको प्रकट कर दें। भगवान्‌का आश्रय लेकर यदि वेदार्थका विचार किया जाय तो भगवत्कृपासे निश्चय ही सत्य अर्थका साक्षात्कार हो सकता है।

ऋग्वेदमें लिखा है—**'यज्ञेन वाचं पदवीयमानम्'** अर्थात् समस्त वेदवाणी यज्ञके द्वारा ही स्थान पाती है। अतः वेदका जो भी अर्थ किया जाय, वह यज्ञमें कहीं-न-कहीं अवश्य उपयुक्त होता हो—यह ध्यान रखना आवश्यक है। वेदार्थके औचित्यकी दूसरी कसौटी यह है—

बुद्धिपूर्वा वाक्प्रकृतिर्वेदे । (वैशेषिकदर्शन)

अर्थात् वेदवाणीकी प्रकृति बुद्धिपूर्वक है। अतः वेदमन्त्रका अपना किया हुआ अर्थ बुद्धिके विपरीत न हो—बुद्धिमें बैठने योग्य हो, इस बातपर भी ध्यान रखनेकी आवश्यकता है। साथ ही यह भी देखना उचित है कि हमने जो अर्थ किया है, वह तर्कसे सिद्ध तो होता है न? हमारा अर्थ तर्कसे असङ्गत तो नहीं ठहरता? निरुक्तकार कहते हैं—ऋषियोंके उत्क्रमण करनेपर मनुष्योंने देवताओंसे पूछा—'अब हमारा ऋषि कौन होगा? कौन हमें वेदका अर्थ निश्चित करके बतावेगा? तब देवताओंने उन्हें तर्क नामक ऋषि प्रदान किया।'* अतः तर्कसे गवेषणापूर्वक निश्चित किया हुआ अर्थ ऋषियोंके अनुकूल ही होगा। स्मृतिकार भी कहते हैं—

यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नापरः ।

'जो तर्कसे वेदार्थका अनुसन्धान करता है, वही धर्मको जानता है, दूसरा नहीं।' अतः समुचित तर्कसे समीक्षा करना वेदार्थके परीक्षणका तीसरा मार्ग है। चौथी रीति यह है कि इस बातपर दृष्टि रक्खी जाय कि हमारा किया हुआ अर्थ शब्दके मूलधातुके विपरीत तो नहीं है; क्योंकि निरुक्तकारने धातुज अर्थको ही ग्रहण किया है। पतञ्जलिने भी अपने महाभाष्यमें इसकी चर्चा की है—**'नाम च धातुजमाह निरुक्ते।'** इन चारों हेतुओंको सामने रखकर यदि वेदार्थपर विचार किया जाय तो भ्रमकी सम्भावना नहीं रहेगी।

प्रकृति स्वभावतः निम्नगामिनी होती है; अतः प्रकृतिके वशमें रहनेवाले मनुष्यकी प्रवृत्ति स्वभावतः विषयभोगकी ओर होती है। शास्त्र ईश्वरीय ज्ञान हैं; वे मनुष्यकी उच्छृङ्खल प्रवृत्तिको रोकने और उसे धर्म एवं सदाचारमें प्रतिष्ठित करनेके लिये ही अवतीर्ण हुए हैं। वेद तो साक्षात् भगवान्‌की वाणी हैं; अतः उनमें कोई ऐसी बात हो ही नहीं सकती, जो मनुष्यको अनर्गल विषयभोग एवं हिंसाकी ओर जानेके लिये प्रोत्साहन देती हो। वह तो असत्‌से सत्‌की ओर जानेकी ही प्रेरणा देती है। अतः तर्क और बुद्धिसे यही ठीक जान पड़ता है कि वेद हिंसात्मक या अनाचारात्मक कार्योंके लिये आदेश नहीं दे सकते। यदि कहीं कोई ऐसी बात मिलती है तो वह अर्थ करनेवालोंकी ही भूल है। प्रायः यज्ञमें पशु-वधकी बात बतायी जाती है। परंतु यज्ञके ही जो प्राचीन नाम मिलते हैं, उनसे यह सिद्ध हो जाता है कि यज्ञ सर्वथा अहिंसात्मक होते आये हैं। 'ध्वर' शब्दका अर्थ है हिंसा। जहाँ ध्वर अर्थात् हिंसा न हो, उसीका नाम 'अध्वर' है। यह 'अध्वर' शब्द यज्ञका ही पर्याय है। अतः हिंसात्मक कृत्य कभी यज्ञ नहीं माना जा सकता। 'यज' धातुसे 'यज्ञ' बनता है। इसका अर्थ है—देवपूजा, सङ्गतिकरण और दान। इनमेंसे किसीके द्वारा भी हिंसाका समर्थन नहीं प्राप्त होता। गोयज्ञमें गायोंकी पूजा ही होती है, जहाँ असुर सदासे गाय आदि पशुओंको मारकर अपनी रक्त-पिपासा शान्त करते आये हैं, वहीं देवयज्ञमें गौओंको 'अघ्न्या' (न मारने योग्य) बताकर पूज्य ठहराया गया है। आज भी देवताओंके वंशज गोपूजक हैं।

---

* श्रूयते हि पुरा कल्पे नृणां व्रीहिमयः पशुः।
येनायजन्त यज्वानः पुण्यलोकपरायणाः॥
(महा० अनु० ११५। ५६)
सुरां मत्स्यान् मधु मांसमासवं कृसरौदनम्।
धूर्तैः प्रवर्तितं ह्येतन्नैतद् वेदेषु कल्पितम्॥
(महा० शान्ति० २६५। ९)

* मनुष्या वा ऋषिपूल्क्रामत्सु देवानब्रुवन् को न ऋषिर्भवतीति।
तेभ्य एतं तर्कऋषिं प्रायच्छन्.....(निरुक्त २। १२)

वैदिक यज्ञोंमें तो मांसका इतना विरोध है कि मांस जलानेवाली आगको सर्वथा त्याज्य निश्चित कर दिया गया है। प्रायः चिताग्नि ही मांस जलानेवाली होती है। जहाँ अपनी मृत्युसे मरे हुए मनुष्योंके अन्त्येष्टि-संस्कारमें उपयोग की हुई आगका भी बहिष्कार है, वहाँ पावन वेदीपर प्रतिष्ठापित विशुद्ध अग्निमें अपने मारे हुए पशुके होमका विधान कैसे हो सकता है ? आज भी जब वेदीपर अग्निकी स्थापना होती है, तो उसमेंसे थोड़ी-सी आग निकालकर बाहर कर दी जाती है। इसलिये कि कहीं उसमें क्रव्याद (मांस-भक्षी या मांस जलानेवाली आग) के परमाणु न मिल गये हों। अतएव **'क्रव्यादांशं त्यक्त्वा'** (क्रव्यादका अंश निकालकर ही) होमकी विधि है। ऋग्वेदका वचन है—

क्रव्यादमग्निं प्रहिणोमि दूरं यमराज्ञो गच्छतु रिप्रवाहः।
इहैवायमितरो जातवेदा देवेभ्यो हव्यं वहतु प्रजानन्॥

(ऋ० ७। ६। २१। ९)

'मैं मांस खाने या जलानेवाली आगको दूर हटाता हूँ, यह पापका भार ढोनेवाली है; अतः यमराजके घरमें जाय। इससे भिन्न जो ये दूसरे पवित्र और सर्वज्ञ अग्निदेव हैं, इनको ही यहाँ स्थापित करता हूँ। ये इस हविष्यको देवताओंके समीप पहुँचायें; क्योंकि ये सब देवताओंको जाननेवाले हैं।'

यजुर्वेदके अनेक मन्त्रोंमें भगवान्‌से प्रार्थना की गयी है कि वे हमारे पुत्रों, पशुओं—गाय और घोड़ोंको हिंसाजनित मृत्युसे बचावें—

'मा नस्तनये मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः।'

कुछ मन्त्रोंके वाक्यांश इस प्रकार हैं—

पशून् पाहि, गां मा हिंसीः, अजां मा हिंसीः, अविं मा हिंसीः। इमं मा हिंसीर्द्विपादं पशुम्, मा हिंसीरेकशफं पशुम्, मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि।

'पशुओंकी रक्षा करो।' 'गायको न मारो।' 'बकरीको न मारो।' 'भेड़को न मारो।' 'इन दो पैरवाले प्राणियोंको न मारो।' 'एक खुरवाले घोड़े-गधे आदि पशुओंको न मारो।' 'किसी भी प्राणीकी हिंसा न करो।'

ऋग्वेदमें तो यहाँतक कहा गया है कि जो राक्षस मनुष्य, घोड़े और गायका मांस खाता हो तथा गायके दूधको चुरा लेता हो, उसका मस्तक काट डालो—

यः पौरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः।
यो अघ्न्याया भरति क्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसापि वृश्च॥

(८। ४। ८। १६)

अब प्रश्न होता है कि वेदमें यदि मांसका वाचक या पशुहिंसाका बोधक कोई शब्द ही प्रयुक्त न हुआ होता तो कोई भी कैसे उस तरहका अर्थ निकाल सकता था ? इसके उत्तरमें हम महाभारतसे एक प्रसङ्ग उद्धृत कर देना चाहते हैं। एक बार ऋषियों तथा दूसरे लोगोंमें 'अज' शब्दके अर्थपर विवाद हुआ। एक पक्ष कहता था **'अजेन यष्टव्यम्'** का अर्थ है "अन्नसे यज्ञ करना चाहिये। अजका अर्थ है—उत्पत्तिरहित; अन्नका बीज ही अनादि-परम्परासे चला आ रहा है; अतः वही 'अज' का मुख्य अर्थ है; इसकी उत्पत्तिका समय किसीको ज्ञात नहीं है; अतः वही अज है।" दूसरा पक्ष अजका अर्थ बकरा करता था। पहला पक्ष ऋषियोंका था। दोनों राजा वसुके पास निर्णय करानेके लिये गये। वसु अनेक यज्ञ कर चुका था। उसके किसी भी यज्ञमें मांसका उपयोग नहीं हुआ था। वह सदा अन्नमय यज्ञ ही करता था, परंतु म्लेच्छोंके संसर्गसे पीछे चलकर वह ऋषियोंका द्वेषी बन गया था। ऋषि उसकी बदली हुई मनोवृत्तिसे परिचित न थे। वे विश्वास करके गये। राजा सहसा निर्णय न दे सका। उसने पूछा 'किसका क्या पक्ष है ?' जब उसे मालूम हुआ कि ऋषिलोग 'अज'का अर्थ अन्न करते हैं, तो उसने उनके विरोधी पक्षका ही समर्थन करते हुए कहा **'छागेनाजेन यष्टव्यम्।'** असुर तो यह चाहते ही थे। वे उसके प्रचारक बन गये; परंतु ऋषियोंने उस मतको ग्रहण नहीं किया; क्योंकि वह पूर्वोक्त चारों हेतुओंसे असङ्गत ठहरता है।

संस्कृत-वाङ्मयमें अनेकार्थक शब्द बहुत हैं। **'शब्दाः कामधेनवः'** यह प्रसिद्ध है। उनसे अनन्त अर्थोंका दोहन होता है। परंतु कौन-सा अर्थ कहाँ लेना ठीक है; इसका निश्चय विवेकशील विद्वान् ही कर सकते हैं। कोई यात्रापर जा रहा हो और सवारीके लिये 'सैन्धव' लानेका आदेश दे तो, उस समय नमक लानेवाला मनुष्य मूर्ख समझा जाता है, वहाँ सिन्धुदेशीय अश्व ही लाना उचित होगा। इसी प्रकार भोजनमें सैन्धव डालनेका आदेश देनेपर नमक ही डाला जायगा, अश्व नहीं। इसी प्रकार वेदके यज्ञ-प्रकरणमें आये हुए शब्दका वहाँके सात्त्विक वातावरणके अनुरूप ही अर्थ ठीक हो सकता है। जहाँ दवा बनानेके लिये **'प्रस्थं कुमारिकामांसम्'** की आज्ञा है; वहाँ सेरभर घीकुआँरका गूदा ही डाला जायगा। कुमारी-कन्याका एक सेर मांस डालनेकी बात तो कोई पिशाच ही सोच सकता है।

यज्ञमें पशु बाँधनेकी बात आती है। प्रश्न होता है, वह

पशु क्या है ? इसका उत्तर शतपथ-ब्राह्मणके एक प्रश्नोत्तरसे स्पष्ट हो जाता है—**'कतमः प्रजापतिः ?'** प्रजापति अर्थात् प्रजाका पालन करनेवाला कौन है ? उत्तर मिलता है—**'पशुरिति'**—पशु ही प्रजापालक है । तात्पर्य यह कि जो पदार्थ या शक्तियाँ प्रजाका पोषण करनेवाली हैं; उन्हें पशु कहा गया है । इसीलिये भिन्न-भिन्न प्रकारके पशुओंकी यज्ञमें चर्चा की गयी है । **'नृणां व्रीहिमयः पशुः'**—मनुष्योंके यज्ञमें अन्नमय पशुका उपयोग होता आया है । **'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'** देवताओंने यज्ञसे ही यज्ञ किया था; उनका यज्ञमय पशु था । निरुक्तमें इस मन्त्रका अर्थ करते हुए यास्काचार्यने लिखा है—**'अग्निः पशुरासीत्तं देवा अलभन्त'** 'अग्नि ही पशु था, उसीको देवता प्राप्त हुए ।' इतना ही नहीं, अग्नि, वायु और सूर्यको भी 'पशु' नाम दिया गया है—

अग्निः पशुरासीत्तेनायजन्त । वायुः पशुरासीत्तेनायजन्त । सूर्यः पशुरासीत्तेनायजन्त ।

'अबध्नन् पुरुषं पशुम्' इस मन्त्रमें पुरुषको ही पशु कहा गया है। वहाँ सात परिधि और इक्कीस समिधाओंकी भी चर्चा है—

सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिःसप्त समिधः कृताः ।

इसके दो अर्थ किये जाते हैं—शरीरगत सात धातु ही सात परिधि हैं और पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, दस प्राण और एक मन—ये ही इक्कीस समिधाएँ हैं; इनको लेकर 'आत्मा' रूपी पुरुषसे देवताओंने 'शरीर-यज्ञ' किया । इन सबके सहयोगसे ही मानव-शरीरकी सम्यक् सृष्टि हुई । दूसरा अर्थ सङ्गीत-यज्ञपरक होता है । उसमें सात स्वर ही सात परिधि और इक्कीस मूर्छनाएँ ही समिधाएँ हैं । नाद ही वहाँ पशु है । इनसे 'सङ्गीत-यज्ञ' सम्पन्न होता है ।

इसी प्रकार यदि विवेकको साथ रखते हुए वेदार्थपर विचार किया जायगा तो वेद भगवान् ही ऐसी सामग्री प्रस्तुत कर देंगे, जिससे सत्य अर्थका भान हो जाय । जहाँ द्व्यर्थक शब्दोंके कारण भ्रम होनेकी सम्भावना हो सकती है, वहाँ बहुतेरे स्थलोंपर स्वयं वेदने ही अर्थका स्पष्टीकरण कर दिया है—

'धाता धेनुरभवद्, वत्सोऽस्यास्तिलः ।'

(अथर्ववेद १८ । ४ । ३२)

अर्थात् धान ही धेनु है और तिल ही उसका बछड़ा हुआ है । अथर्ववेदके ११ । ३ । ५ तथा ११ । ३ । ७ मन्त्रमें कहा है—चावलके कण ही अश्व हैं । चावल ही गौ हैं । भूसी ही मशक है । चावलोंका जो श्यामभाग है, वह मांस है और लालभाग ही रुधिर है* । यहाँ दिग्दर्शनमात्र कराया गया है ।

इन सब प्रमाणोंसे सिद्ध है कि हवन-प्रकरणमें जहाँ कहीं भी अश्व, गौ, अजा, मांस, अस्थि और मज्जा आदि शब्द आते हैं, उनसे अन्नका ही ग्रहण होता है; पशुओं और उनके अवयवोंका नहीं । 'शतपथ ब्राह्मण' आदिमें भी ऐसे स्थलोंका स्पष्टीकरण किया गया है—केवल पीसा हुआ सूखा आटा 'लोम' है । पानी मिलानेपर वह 'चर्म' कहलाता है । गूँधनेपर उसकी 'मांस' संज्ञा होती है । तपानेपर उसीको 'अस्थि' कहते हैं । घी डालनेपर उसीका 'मज्जा' नाम होता है । इस प्रकार पककर जो पदार्थ बनता है, उसका नाम 'पाक्तपशु' होता है।† अथर्ववेदके अनुसार व्रीहि और यव क्रमशः प्राण और अपान हैं‡ । 'अनड्वान्' भी प्राणका नाम है । अतः अनड्वान् शब्दसे भी जौको ग्रहण किया जा सकता है । मीमांसासूत्रमें तो पशु-हिंसा और मांस-पाकका स्पष्टतः निषेध मिलता है—

मांसपाकप्रतिषेधश्च तद्वत् । (१२ । २ । २)

'यज्ञमें जैसे पशुहिंसाका निषेध है, उसी प्रकार मांस-पाकका भी निषेध है ।' **'धेनुवच्च अश्वदक्षिणा'** (मीमांसा० १० । ३ । ६५) 'गौकी भाँति घोड़ा भी यज्ञमें दक्षिणाके लिये ही उपयोगमें लाया जाता है ।'

अपि वा दानमात्रं स्याद् भक्षशब्दानभिसम्बन्धनात् ।

(मीमांसा० १० । ७ । १५)

'अथवा वह केवल दानमात्रके लिये ही है; क्योंकि गौकी

---

* अश्वाः कणा गावस्तण्डुला मशकास्तुषाः ।
श्याममयोऽस्य मांसानि लोहितमस्य लोहितम् ॥

† 'यदा पिष्टान्यथ लोमानि भवन्ति । यदाप आनयत्यथ त्वग् भवति । यदा स यौत्यथ मांसं भवति । संतत इव हि तर्हि भवति संततमिव हि मांसम् । यदा शृतोऽथास्थि भवति । दारुण इव तर्हि भवति । दारुणमित्यस्थि । अथ यदुद्गासयन्नभिधारयति तं मज्जानं ददाति । एषा सा संपद् यदाहुः पाक्तः पशुरिति ।' ऐतरेय ब्राह्मणमें भी इसी तरहका स्पष्टीकरण देखा जाता है—'स वा एष पशुरेवालभ्यते यत्पुरोडाशस्तस्य । यानि किंशारूपाणि तानि रोमाणि । ये तुषाः सा त्वक् । ये फलीकरणास्तद् असृग् यत्पिष्टं तन्मांसम् । एष पशूनां मेधेन यजते ।' इस मन्त्रमें पुरोडाशके अन्तर्गत जो अन्नके दाने हैं, उन्हें अन्नमय पशुका रोंम, भूसीको त्वचा, टुकड़ोंको सींग और आटेको मांस नाम दिया गया है ।

‡ प्राणापानौ व्रीहियवौ अनड्वान् प्राण उच्यते ।

(अथर्ववेद ११ । ४ । १३)

ही भाँति अश्वके लिये भी कहीं 'भक्षण' शब्द नहीं आया है।' (तात्पर्य यह कि मनुष्यके भोजनमें केवल अन्नका ही उपयोग होता है, गौ और अश्व आदिका नहीं।) आश्वलायन-सूत्रमें स्पष्ट कहा गया है कि हवन-सामग्री मांससे वर्जित होती है—**'होमियं च मांसवर्जम्।'** कात्यायनका भी यही मत है—**'आहवनीये मांसप्रतिषेधः।'**

उपर्युक्त प्रमाणोंसे सिद्ध है कि यज्ञमें मांसका उपयोग कभी शिष्टपुरुषोंद्वारा स्वीकृत नहीं हुआ। कुछ लोग बलि, आलम्भ, मधुपर्क और गोघ्न आदि शब्दोंसे पशु-हिंसाका अर्थ निकालते हैं; परंतु प्राचीन साहित्य या मध्यकालीन साहित्यमें भी इन शब्दोंका कभी हिंसापरक अर्थ नहीं स्वीकृत किया गया है। बलिवैश्वदेवमें जो बलि दी जाती है; वहाँ किसीकी हिंसा नहीं की जाती, अपितु सम्पूर्ण विश्वके प्राणियोंको तृप्त करनेकी भावनासे उन्हें अन्न और जल अर्पण किया जाता है। बलिका अर्थ किरण और कर (टैक्स या लगान) भी होता है। जीव-हिंसाके अर्थमें 'बलि' शब्दका प्रयोग तो पीछे हुआ है और वह भी मांसभक्षी लोगोंके अपने व्यवहारसे। बलिका अर्थ त्याग ही शिष्टसम्मत है। इसी प्रकार 'आलभन' शब्द भी स्पर्श और प्राप्ति-अर्थमें आता है। मीमांसासूत्र (२। ३। १७) की सुबोधिनी टीकामें लिखा है **'आलम्भः स्पर्शो भवति'** अर्थात् स्पर्शका नाम आलम्भ है। यज्ञोपवीत और विवाह-संस्कारमें **'हृदयमालभते'** का प्रयोग आता है। वहाँ गुरु शिष्यके और वर वधूके हृदयका स्पर्शमात्र ही करता है—छातीमें छुरा नहीं भोंकता। 'स्पर्श'शब्द दानके अर्थमें भी आता है। महाकवि कालिदासने **'गाः कोटिशः स्पर्शयता घटोघ्नीः'** इस पद्यमें 'स्पर्शयता'का प्रयोग 'ददता'के अर्थमें ही किया है। महाभारत अनुशासनपर्वमें स्पर्श-यज्ञकी चर्चा देखी जाती है। पहले जब अवर्षण होता था तो लोग पशु-स्पर्श-यज्ञ करते थे *। यही 'पशुका आलम्भन' या 'स्पर्श' कहलाता था। आजकल भी लोग अन्न और पशु आदि छूकर ब्राह्मणोंको देते हैं। यह उसी आलम्भन या स्पर्शयज्ञका एक रूप है। पशुका ही आलम्भन (छूकर छोड़ देना या दान देना) अधिक प्रचलित था; अतः जहाँ अन्नका स्पर्श, दान या हवन होता है; उस यज्ञमें अन्न ही पशु है, यह रूपक दिया गया है। इसीलिये महाभारत अनुशासनपर्वमें कहा गया है—

'श्रूयते हि पुरा कल्पे नृणां व्रीहिमयः पशुः।'

इसी प्रकार मधुपर्क भी सर्वथा हिंसारहित और निर्दोष है। तीन भाग दही, एक भाग शहद और एक भाग घीको काँसेके पात्रमें रखनेपर उसकी 'मधुपर्क' संज्ञा होती है। 'मधुपर्क' नाम ही मधुर पदार्थोंका सम्पर्क सूचित करता है। अब रही **'गोघ्नोऽतिथिः'** की बात। इसका अर्थ लोग भ्रमवश ऐसा मानने लगे हैं कि अतिथिके लिये गाय मारी जाती थी; परंतु बात ऐसी नहीं है। हन् धातुका प्रयोग हिंसा और गति अर्थमें होता है। गतिके भी ज्ञान, गमन और प्राप्ति आदि अनेक अर्थ हैं। इनमेंसे प्राप्ति अर्थको लेकर ही यहाँ 'गोघ्न'का प्रयोग होता है। वह अतिथि जिसे गौकी प्राप्ति हो—जिसे गाय दी जाय वह 'गोघ्न' कहलाता है। व्याकरणके आदि आचार्य महर्षि पाणिनिने अपने एक सूत्रद्वारा इसी अभिप्रायकी पुष्टि की है। वह सूत्र है—**'दाशगोघ्नौ सम्प्रदाने'** (३।४।७३) इसके द्वारा सम्प्रदान अर्थमें 'दाश' और 'गोघ्न' शब्द सिद्ध होते हैं। यदि यहाँ चतुर्थीमात्र ही अभीष्ट होता—अर्थात् अतिथिके उद्देश्यसे गायको मारना ही सूचित करना होता तो **'सम्प्रदाने'** न कहकर **'तस्मै'** इस विभक्तिप्रतिरूपक अव्ययका ही प्रयोग कर देते; परंतु ऐसा न करके **'सम्प्रदाने'** लिखा है; इससे यहाँ दानार्थकी अभिव्यक्ति सूचित होती है। अतः जिसे गाय दी जाय, उस अतिथिको ही 'गोघ्न' कह सकते हैं। पूर्वकालमें अतिथिको गौ देनेकी साधारण परिपाटी थी। आज भी प्राचीन प्रथाके अनुसार विवाहमें घरपर पधारे हुए वरको आतिथ्यके लिये गोदान किया जाता है। आयुर्वेदमें जो मांसप्रधान ओषधियाँ हैं, उन्हें भी द्विजोंने कभी नहीं स्वीकृत किया था; अतएव चरकने लिखा है—द्विजोंकी पुष्टिके लिये तो मिश्रीयुक्त घी और दूध ही औषध है*। मांस तो **'यक्षरक्षःपिशाचान्नम्'**—(यक्ष, राक्षस और पिशाचोंका भोजन है)। यज्ञके नामपर की जानेवाली हिंसाको लक्ष्य करके विष्णुशर्माने पञ्चतन्त्रमें लिखा है कि 'यदि यही स्वर्गका मार्ग है तो नरकमें कौन जायगा?† अतः यही मानना

* यदि द्वादशवर्षाणि न वर्षिष्यति वासवः।
स्पर्शयज्ञं करिष्यामि विधिरेष सनातनः॥

* द्विजानामोषधीसिद्धं घृतं मांसविवृद्धये।
सितायुक्तं प्रदातव्यं गव्येन पयसा भृशम्॥
(चरक चि० ८। १४९)

† वृक्षांश्छित्त्वा पशून् हत्वा कृत्वा रुधिरकर्दमम्।
यद्येवं गम्यते स्वर्गं नरके केन गम्यते॥

चाहिये कि वेदों और उपनिषदोंमें यज्ञ अथवा भोजनके प्रसंग-में जहाँ कहीं भी 'पशु'वाचक शब्द आये हैं, उन सबका अर्थ अन्न अथवा औषध है।

उदाहरणके लिये बृहदारण्यक उपनिषद्के (६।४।१८ वें) मन्त्रपर दृष्टिपात कीजिये। वहाँ सुयोग्य और विद्वान् पुत्र उत्पन्न करनेके लिये दम्पतिको औक्ष अथवा आर्षभके साथ पकायी हुई खिचड़ी खानेका आदेश किया गया है। प्रायः मूँग या उड़दकी दाल मिलाकर ही खिचड़ी बनती है। मूँगकी खिचड़ीको 'मुद्गौदन' और उड़दमिश्रित खिचड़ीको 'माषौदन' कहते हैं। इस 'माषौदन' को संभवतः किन्हीं मांस-प्रेमियोंने 'मांसौदन' कर दिया है। यदि किसीका यही आग्रह हो कि वहाँ 'मांसौदन' ही पाठ है, तो भी उसका अर्थ वहाँ औषध या अन्न ही है। यह बात पहलेके विवेचनके अनुसार माननी ही होगी। औक्ष या आर्षभ-मिश्रित ओदनके लिये 'माषौदन' या 'मांसौदन' नाम आया है; यही मानना प्रकरणसङ्गत है। अब औक्ष या आर्षभका तात्पर्य क्या है, यह जान लेना आवश्यक है। 'उक्षा' और 'ऋषभ' नामक औषध ही यहाँ 'औक्ष' और 'आर्षभ' नामसे प्रतिपादित हुआ है, उक्षा ऋषभका पर्याय है और सोमको भी उक्ष कहते हैं। 'ऋषभ' एक प्रकारका कन्द है; इसकी जड़ लहसुनसे मिलती-जुलती है। सुश्रुत और भावप्रकाश आदिमें इसके नाम, रूप, गुण और पर्यायोंका विशेष विवरण दिया गया है। इस अङ्कके बृहदारण्यकमें, जहाँ वह प्रसङ्ग है; कुछ प्रमाण भी उद्धृत कर दिये गये हैं। ऋषभके* वृषभ, वीर, विषाणी, गोपति, वृष, शृङ्गी, ककुद्मान् आदि जितने भी नाम आये हैं, सब वृषभ या बैलका अर्थ रखते हैं। इसी भ्रमसे कुछ लोगोंने वहाँ 'वृषभ-मांस' की बीभत्स कल्पना की है, जो **'प्रस्थं कुमारिकामांसम्'** के अनुसार 'एक सेर कुमारीकन्याके मांस' की कल्पनासे ही मेल खाती है। वैद्यक-ग्रन्थोंमें बहुतसे पशु-पक्षियोंके-से नामवाले औषध देखे जाते हैं। उदाहरणके लिये वृषभ (ऋषभकन्द), श्वान (ग्रन्थिपर्ण या कुत्ता-घास), मार्जार (चित्ता), अश्व (अश्वगन्धा), अज (आजमोदा), सर्प (सर्पगन्धा), मयूरक (अपामार्ग), मयूरी (अजमोदा), कुक्कुटी (शाल्मली), मेष (जीवशाक), नकुल (नाकुली बूटी), गौ (गौलोमी), खर (खरपर्णिनी), काक (काकमाची), वाराह (वाराहीकन्द), महिष (गुग्गुल) आदि शब्द द्रष्टव्य हैं। यह भी सबको जानना चाहिये कि फलोंके गूदेको 'मांस', छालको 'चर्म', गुठलीको 'अस्थि', मेदाको 'मेद' और रेशाको 'स्नायु' कहते हैं।*

वेदों और उपनिषदोंपर अश्लीलताका भी आरोप लगाया जाता है; परंतु पशुवध और मांससम्बन्धी आरोपोंकी भाँति यह आरोप भी निराधार है। पहले अश्लीलता क्या है, यह समझ लेनेकी आवश्यकता है। एक आदमी जब सभ्य-समाजमें कहीं अपने गुप्ताङ्गों या इन्द्रियोंको दिखाता या निर्लज्जतावश कुत्सित चर्चाएँ करता है तो यह सब अश्लील समझा जाता है। परंतु एक रोगी मनुष्य जब डाक्टरके सामने नंगा खड़ा होता है, तो उसकी यह क्रिया अश्लील नहीं समझी जाती। वैद्यक या डाक्टरीके ग्रन्थोंमें, जहाँ प्रत्येक अवयवका—गुप्त अङ्गका भी स्पष्ट वर्णन होता है, वह अश्लील नहीं माना जाता। एक व्याख्याता समाज-सुधारके लिये बुराइयोंका नग्न चित्र उपस्थित करता है, उस समय उसकी वह बात अश्लील नहीं समझी जाती। क्रिया एक ही है, पर कहीं वह दोषरूप है और कहीं गुणरूप। अतः यही निष्कर्ष निकलता है कि स्वरूपतः अश्लील कार्य भी भाव और दृष्टिकोणकी शुद्धिसे शुद्ध बन जाता है और स्वरूपसे अच्छा कार्य भी भावदोषसे दूषित हो जाता है। शल्यचिकित्सादिके लिये विद्यार्थीको स्त्री तथा पुरुषके प्रत्येक अवयवका ही नहीं, उसके सूक्ष्म-से-सूक्ष्म विभागका भी वर्णन पढ़ना पड़ता है, पर वह कभी अश्लील नहीं माना जाता। इसी प्रकार वेद इस विषयकी पूर्ण शिक्षाके लिये ही ऐसी बातें प्रस्तुत करते हैं।

बृहदारण्यक उपनिषद्में छठे अध्यायके चतुर्थ ब्राह्मणमें स्त्रियोंके गुप्ताङ्गोंकी और मैथुन-कर्मकी चर्चा आयी है; परंतु वह गर्भाधानका प्रकरण है। मनुष्यकी उत्पत्तिका प्रारम्भिक कृत्य वही है। यदि वही ठीक तरहसे न हो तो अच्छी सन्तान कैसे हो सकती है? प्रकरणके अनुसार वहाँ लिखी हुई सभी बातोंका महत्त्व बहुत बढ़ जाता है। मनुष्य

* ऋषभो गोपतिर्वीरो विषाणी धूर्धरो वृषः।
ककुद्मान् पुङ्गवो वोढा शृङ्गी धुर्यश्च भूपतिः॥
(राजनिघण्टु)

* सुश्रुतमें आमके प्रसङ्गमें आया है—
अपक्वे चूतफले स्नाय्वस्थिमज्जानः सूक्ष्मत्वान्नोपलभ्यन्ते पक्वे त्वाविर्भूता उपलभ्यन्ते॥
'आमके कच्चे फलमें सूक्ष्म होनेके कारण स्नायु, हड्डी और मज्जा नहीं दिखायी देतीं; परंतु पकनेपर ये सब प्रकट हो जाती हैं।'

कामान्ध होकर विवेक खो बैठते और मर्यादाका त्याग करके पशुवत् आचरण करने लगते हैं। इससे जो सन्तान उत्पन्न होती हैं, उनमें भी वैसे ही दुर्गुण भर जाते हैं। अतः वैदिक रीतिसे गर्भाधान आदि सभी संस्कारोंको करना चाहिये; इसीसे श्रेष्ठ मानवकी, जो अपने बल, पौरुष, ज्ञान और विज्ञानसे स्वयं अपने जीवनको सफल करता है और संसारकी बड़ी भारी सेवा करता है, उत्पत्ति हो सकती है। वेदोंमें जो कुछ कहा गया है, वह सब जगत्के कल्याणके लिये ही है। वेदोंके तात्पर्यपर विचार करनेवाले विद्वानोंको उचित है कि वे मनमाना अर्थ न करके वेद-वेदाङ्गोंके अनुशीलनपूर्वक महर्षियोंद्वारा निर्धारित शैलीके अनुसार वेदरूपी कामधेनुसे कल्याणमय अर्थका ही दोहन करें। वेदके कितने ही मन्त्र काव्यमय हैं। वहाँ रसोद्रेकके लिये सरस रूपकोंका आश्रय लिया गया है। ऐसे स्थलोंपर अश्लीलताका आरोप न करके यथार्थ मर्मको समझनेका प्रयास करना चाहिये।

उपनिषद्में युगल स्वरूप

भारतके आर्य-सनातनधर्ममें जितने भी उपासक-सम्प्रदाय हैं, सभी विभिन्न नाम-रूपों तथा विभिन्न उपासना-पद्धतियोंके द्वारा वस्तुतः एक ही शक्तिसमन्वित भगवान्की उपासना करते हैं। अवश्य ही कोई तो शक्तिको स्वीकार करते हैं और कोई नहीं करते। भगवान्के इस शक्तिसमन्वित रूपको ही युगल-स्वरूप कहा जाता है। निराकारवादी उपासक भगवान्को सर्वशक्तिमान् बताते हैं और साकारवादी भक्त उमा-महेश्वर, लक्ष्मी-नारायण, सीता-राम, राधा-कृष्ण आदि मङ्गलमय स्वरूपोंमें उनका भजन करते हैं। महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, दुर्गा, तारा, उमा, अन्नपूर्णा, सीता, राधा आदि स्वरूप एक ही भगवत्स्वरूपा शक्तिके हैं, जो लीलावैचित्र्यकी सिद्धिके लिये विभिन्न रूपोंमें अपने-अपने धामविशेषमें नित्य विराजित हैं। यह शक्ति नित्य शक्तिमान्के साथ है और शक्ति है इसीसे वह शक्तिमान् है। और इसलिये वह नित्य युगलस्वरूप है। पर यह युगलस्वरूप वैसा नहीं है, जैसे दो परस्पर-निरपेक्ष सम्पूर्ण स्वतन्त्र व्यक्ति या पदार्थ किसी एक स्थानपर स्थित हों। ये वस्तुतः एक होकर ही पृथक्-पृथक् प्रतीत होते हैं। इनमेंसे एकका त्याग कर देनेपर दूसरेके अस्तित्वका परिचय नहीं मिलता। वस्तु और उसकी शक्ति, तत्त्व और उसका प्रकाश, विशेष्य और उसके विशेषणसमूह, पद और उसका अर्थ, सूर्य और उसका तेज, अग्नि और उसका दाहकत्व—इनमें जैसे नित्य युगलभाव विद्यमान है, वैसे ही ब्रह्ममें भी युगलभाव है। जो नित्य दो होकर भी नित्य एक हैं और नित्य एक होकर भी नित्य दो हैं; जो नित्य भिन्न होकर भी नित्य अभिन्न हैं और नित्य अभिन्न होकर भी नित्य भिन्न हैं। जो एकमें ही सदा दो हैं और दोमें ही सदा एक हैं। जो स्वरूपतः एक होकर भी द्वैधभावके पारस्परिक सम्बन्धके द्वारा ही अपना परिचय देते और अपनेको प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा रहस्यमय परम विलक्षण तत्त्व है कि दो अयुतसिद्ध रूपोंमें ही जिसके स्वरूपका प्रकाश होता है, जिसका परिचय प्राप्त होता है और जिसकी उपलब्धि होती है।

वेदमूलक उपनिषद्में ही इस युगल स्वरूपका प्रथम और स्पष्ट परिचय प्राप्त होता है। उपनिषद् जिस परम तत्त्वका वर्णन करते हैं, उसके मुख्यतया दो स्वरूप हैं—एक 'सर्वातीत' और दूसरा 'सर्वकारणात्मक'। सर्वकारणात्मक स्वरूपके द्वारा ही सर्वातीतका सन्धान प्राप्त होता है और सर्वातीत स्वरूप ही सर्वकारणात्मक स्वरूपका आश्रय है। सर्वातीत स्वरूपको छोड़ दिया जाय तो जगत्की कार्य-कारण-शृङ्खला ही टूट जाय; उसमें अप्रतिष्ठा और अनवस्थाका दोष आ जाय। फिर जगत्के किसी मूलका ही पता न लगे। और सर्वकारणात्मक स्वरूपको न माना जाय तो सर्वातीतकी सत्ता कहीं नहीं मिले। वस्तुतः ब्रह्मकी अद्वैतपूर्ण सत्ता इन दोनों स्वरूपोंको लेकर ही है। उपनिषद्के दिव्य-दृष्टिसम्पन्न ऋषियोंने जहाँ विश्वके चरम और परम तत्त्व एक, अद्वितीय, देशकाल-अवस्था-परिणामसे सर्वथा अनवच्छिन्न सच्चिदानन्द-स्वरूपको देखा, वहीं उन्होंने उस अद्वैत परब्रह्मको ही उसकी अपनी ही विचित्र अचिन्त्य शक्तिके द्वारा अपनेको अनन्त विचित्र रूपोंमें प्रकट भी देखा और यह भी देखा कि वही समस्त देशों, समस्त कालों, समस्त अवस्थाओं और समस्त परिणामोंके अंदर छिपा हुआ अपने स्वतन्त्र सच्चिदानन्दमय स्वरूपकी, अपनी नित्य सत्ता, चेतना और आनन्दकी मनोहर झाँकी करा रहा है। ऋषियोंने जहाँ देशकाल-अवस्था-परिणामसे परिच्छिन्न अपूर्ण पदार्थोंको 'यह वह नहीं है, यह

वह नहीं है' (नेति-नेति) कहकर और उनसे विरागी होकर यह अनुभव किया कि—'वह परमतत्त्व ऐसा है जो न कभी देखा जा सकता है, न ग्रहण किया जा सकता है, न उसका कोई गोत्र है, न उसका कोई वर्ण है, न उसके चक्षु-कर्ण और हाथ-पैर आदि हैं।' 'वह न भीतर प्रज्ञावाला है, न बाहर प्रज्ञावाला है, न दोनों प्रकारकी प्रज्ञावाला है, न प्रज्ञान-घन है, न प्रज्ञ है, न अप्रज्ञ है; वह न देखनेमें आता है, न उससे कोई व्यवहार किया जा सकता है, न वह पकड़में आता है, न उसका कोई लक्षण (चिह्न) है; जिसके सम्बन्ध-में न चित्तसे कुछ सोचा जा सकता है और न वाणीसे कुछ कहा ही जा सकता है। जो आत्मप्रत्ययका सार है, प्रपञ्चसे रहित है; शान्त, शिव और अद्वैत है'—

यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणि-पादम्। (मुण्डक० १।१।६)

नान्तःप्रज्ञं न बहिःप्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञं न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञम्। अदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्य-मव्यपदेश्यमेकात्मप्रत्ययसारं प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिव-मद्वैतम्।.....

(माण्डूक्य० ७)

किसी भी दृश्य, ग्राह्य, कथन करनेयोग्य, चिन्तन करने-योग्य और धारणामें लानेयोग्य पदार्थके साथ उसका कोई भी सम्बन्ध या सादृश्य नहीं है। इसीके साथ, वहीं, उसी क्षण उन्होंने उसी देश-कालातीत, अवस्था-परिणाम-शून्य, इन्द्रिय-मन-बुद्धिके अगोचर शान्त शिव अनन्त एकमात्र सत्तास्वरूप अक्षर परमात्माको ही सर्वकालमें और समस्त देशोंमें नित्य विराजित देखा और कहा कि—'धीर साधक पुरुष उस नित्य पूर्ण, सर्वव्यापक, अत्यन्त सूक्ष्म, अविनाशी और समस्त भूतों-के कारण परमात्माको देखते हैं'—

नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं
तदव्ययं यद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः॥

(मुण्डक० १।१।६)

उन्होंने यह भी अनुभव किया कि 'जब वह द्रष्टा उस सबके ईश्वर, ब्रह्माके भी आदिकारण सम्पूर्ण विश्वके स्रष्टा, दिव्य प्रकाशस्वरूप परम पुरुषको देख लेता है, तब वह निर्मल हृदय महात्मा पाप-पुण्यसे छूटकर परम साम्यको प्राप्त हो जाता है—

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं
कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।
तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय
निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति॥

(मुण्डक० ३।१।३)

यहाँतक कि उन्होंने ध्यानयोगमें स्थित होकर परमदेव परमात्माकी उस दिव्य अचिन्त्य स्वरूपभूत शक्तिका भी प्रत्यक्ष साक्षात्कार किया जो अपने ही गुणोंसे छिपी हुई है। तब उन्होंने यह निर्णय किया कि कालसे लेकर आत्मातक (काल, स्वभाव, नियति, अकस्मात्, पञ्चमहाभूत, योनि और जीवात्मा) सम्पूर्ण कारणोंका स्वामी प्रेरक सबका परम कारण एकमात्र परमात्मा ही है—

ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन्
देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्।
यः कारणानि निखिलानि तानि
कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येकः॥

(श्वेताश्वतर० १।३)

ऋषियोंने यह अनुभव किया कि वह सर्वातीत परमात्मा ही सर्वकारण-कारण, सर्वगत, सबमें अनुस्यूत और सबका अन्तर्यामी है। वह सूक्ष्मातिसूक्ष्म, भेदरहित, परिणामशून्य, अद्वय परमतत्त्व ही चराचर भूतमात्रकी योनि है, एवं अनन्त विचित्र पदार्थोंका वही एकमात्र अभिन्न निमित्तोपादान-कारण है। उन्होंने अपनी निर्भ्रान्त निर्मल दृष्टिसे यह देखा कि जो विश्वातीत तत्त्व है, वही विश्वकृत् है, वही विश्ववित् है और वही विश्व है। विश्वमें उसीकी अनन्त सत्ताका; अनन्त ऐश्वर्य, अनन्त ज्ञान और अनन्त शक्तिका प्रकाश है। विश्व-सृजनकी लीला करके विश्वके समस्त वैचित्र्यको, विश्वमें विकसित अखिल ऐश्वर्य, ज्ञान और शक्तिको आलिङ्गन किये हुए ही वह नित्य विश्वके ऊर्ध्वमें विराजित है। उपनिषद्के मन्त्रद्रष्टा ऋषियोंने अपनी सर्वकालव्यापिनी दिव्य दृष्टिसे देखकर कहा—'सोम्य! इस नामरूपात्मक विश्वकी सृष्टिसे पूर्व एक अद्वितीय सत् ही था'—

'सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्।'

(छान्दोग्य० ६।२।१)

परंतु इसीके साथ तुरंत ही मुक्तकण्ठसे यह भी कह दिया कि 'उस सत् परमात्माने ईक्षण किया—इच्छा की कि मैं बहुत हो जाऊँ, अनेक प्रकारसे उत्पन्न होऊँ'—

'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय इति' (छान्दोग्य० ६।२।३)

यहाँ बहुतोंको यह बात समझमें नहीं आती कि जो 'सबसे अतीत' है, वही 'सर्वरूप' कैसे हो सकता है, परंतु

सोम्य ! आरम्भमें यह एकमात्र अद्वितीय सत् ही था । उसीके विषयमें किन्हींने ऐसा भी कहा है कि आरम्भमें यह एकमात्र अद्वितीय असत् ही था । उस असत्‌से सत्‌की उत्पत्ति होती है । किंतु हे सोम्य ! ऐसा कैसे हो सकता है, भला असत्‌से सत्‌की उत्पत्ति कैसे हो सकती है ? अतः हे सोम्य ! आरम्भमें यह एकमात्र अद्वितीय सत् ही था, ऐसे [आरुणिने] कहा । उस (सत्) ने ईक्षण किया 'मैं बहुत हो जाऊँ—अनेक प्रकारसे उत्पन्न होऊँ' । इस प्रकार [ईक्षणकर] उसने तेज उत्पन्न [किया । उस तेजने ईक्षण किया, 'मैं बहुत हो जाऊँ—नाना प्रकारसे उत्पन्न होऊँ' । इस प्रकार [ईक्षणकर] उसने जलकी रचना की । इसीसे जहाँ कहीं पुरुष शोक (सन्ताप) करता है उसे पसीने आ जाते हैं । उस समय वह तेजसे ही जलकी उत्पत्ति होती है । उस जलने ईक्षण किया, 'हम बहुत हो जायँ—अनेक रूपसे उत्पन्न हों ।' उसने अन्नकी रचना की । इसीसे जहाँ कहीं वर्षा होती है वहीं बहुत-सा अन्न होता है । वह अन्नाद्य जलसे ही उत्पन्न होता है ॥ १–४ ॥

तृतीय खण्ड

आण्डज, जीवज और उद्भिज्जरूपमें त्रिविध सृष्टि

उन इन [पक्षी आदि] प्रसिद्ध प्राणियोंके तीन ही बीज होते हैं—आण्डज, जीवज और उद्भिज्ज । उस इस ['सत्' नामवाली देवताने ईक्षण किया, 'मैं इस जीवात्मरूपसे इन तीनों देवताओंमें अनुप्रवेश कर नाम और रूपकी अभिव्यक्ति करूँ और उनमेंसे एक-एक देवताको त्रिवृत्-त्रिवृत् करूँ ।' ऐसा विचारकर उस इस देवताने इस जीवात्मरूपसे ही उन तीन देवताओंमें अनुप्रवेश कर नाम-रूपका व्याकरण किया । उस देवताने उनमेंसे प्रत्येकको त्रिवृत्-त्रिवृत् किया । सोम्य ! जिस प्रकार ये तीनों देवता एक-एक करके प्रत्येक त्रिवृत्-त्रिवृत् हैं वह मेरेद्वारा जान ॥ १–४ ॥

चतुर्थ खण्ड

त्रिवृत्करण

अग्निका जो रोहित (लाल) रूप है वह तेजका ही रूप है; जो शुक्ल रूप है वह जलका है और जो कृष्ण है वह अन्नका है। इस प्रकार अग्निसे अग्नित्व निवृत्त हो गया, क्योंकि [अग्निरूप] विकार वाणीसे कहनेके लिये नाममात्र है; केवल तीन रूप हैं—इतना ही सत्य है। आदित्यका जो रोहित रूप है वह तेजका रूप है, जो शुक्ल रूप है वह जलका है और जो कृष्ण रूप है वह अन्नका है। इस प्रकार आदित्यसे आदित्यत्व निवृत्त हो गया, क्योंकि [आदित्यरूप] विकार वाणीपर अवलम्बित नाममात्र है, तीन रूप हैं—इतना ही सत्य है। चन्द्रमाका जो रोहित रूप है वह तेजका रूप है, जो शुक्ल रूप है वह जलका है और जो कृष्ण रूप है वह अन्नका है। इस प्रकार चन्द्रमासे चन्द्रत्व निवृत्त हो गया, क्योंकि [चन्द्रमा-रूप] विकार वाणीपर अवलम्बित नाममात्र है, तीन रूप हैं—इतना ही सत्य है। विद्युत्का जो रोहित रूप है वह तेजका रूप है, जो शुक्ल रूप है वह जलका है और जो कृष्ण रूप है वह अन्नका है। इस प्रकार विद्युत्से विद्युत्त्वकी निवृत्ति हो गयी, क्योंकि [विद्युत्रूप] विकार वाणीपर अवलम्बित नाममात्र है, तीन रूप हैं—इतना ही सत्य है ॥ १–४ ॥

इस (त्रिवृत्करण) को जाननेवाले पूर्ववर्ती महागृहस्थ और महाश्रोत्रियोंने यह कहा था कि इस समय हमारे कुलमें कोई बात अश्रुत, अमत अथवा अविज्ञात है—ऐसा कोई नहीं कह सकेगा, क्योंकि इन अग्नि आदिके दृष्टान्तद्वारा वे सब कुछ जानते थे। जो कुछ रोहित-सा है वह तेजका रूप है—ऐसा उन्होंने जाना है; जो शुक्ल-सा है वह जलका रूप है—ऐसा उन्होंने जाना है तथा जो कृष्ण-सा है वह अन्नका रूप है—ऐसा उन्होंने जाना है। तथा जो कुछ विज्ञात-सा है वह इन देवताओंका ही समुदाय है—ऐसा उन्होंने जाना है। सोम्य ! अब तू मेरेद्वारा यह जान कि किस प्रकार ये तीनों देवता पुरुषको प्राप्त होकर उनमेंसे प्रत्येक त्रिवृत्-त्रिवृत् हो जाती है ॥ ५–७ ॥

पञ्चम खण्ड

मन अन्नमय, प्राण जलमय और वाक् तेजोमय है

खाया हुआ अन्न तीन प्रकारका हो जाता है। उसका जो अत्यन्त स्थूल भाग होता है, वह मल हो जाता है, जो मध्यम भाग है वह मांस हो जाता है और जो अत्यन्त सूक्ष्म होता है वह मन हो जाता है। पीया हुआ जल तीन प्रकारका हो जाता है। उसका जो स्थूलतम भाग होता है वह मूत्र हो जाता है, जो मध्यम भाग है वह रक्त हो जाता है और जो सूक्ष्मतम भाग है वह प्राण हो जाता है। खाया हुआ [घृतादि] तेज तीन प्रकारका हो जाता है। उसका जो स्थूलतम भाग होता है वह हड्डी हो जाता है, जो मध्यम भाग है वह मज्जा हो जाता है और जो सूक्ष्मतम भाग है वह वाक् हो जाता है। [इसलिये] सोम्य ! मन अन्नमय है, प्राण जलमय है और वाक् तेजोमयी है। ऐसा कहे जानेपर श्वेतकेतु बोला—'भगवन् ! आप मुझे फिर समझाइये।' तब आरुणिने 'अच्छा सोम्य !' ऐसा कहा ॥ १–४ ॥

षष्ठ खण्ड

मथे जाते हुए दहीका दृष्टान्त

सोम्य ! मथे जाते हुए दहीका जो सूक्ष्म भाग होता है वह ऊपर इकट्ठा हो जाता है; वह घृत होता है। उसी प्रकार हे सोम्य ! खाये हुए अन्नका जो सूक्ष्म अंश होता है वह सम्यक् प्रकारसे ऊपर आ जाता है; वह मन होता है। सोम्य ! पीये हुए जलका जो सूक्ष्म भाग होता है वह इकट्ठा होकर ऊपर आ जाता है; वह प्राण होता है। सोम्य ! भक्षण किये हुए तेजका जो सूक्ष्म भाग होता है वह इकट्ठा होकर ऊपर आ जाता है, और वह वाणी होता है। इस प्रकार हे सोम्य ! मन अन्नमय है, प्राण जलमय है और वाणी तेजोमयी है—ऐसा [आरुणिने कहा]। [तब श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन् ! मुझे फिर समझाइये।' इसपर आरुणिने कहा—'सोम्य ! अच्छा' ॥ १–५ ॥

सप्तम खण्ड

मनकी अन्नमयताका निश्चय

सोम्य ! पुरुष सोलह कलाओंवाला है। तू पंद्रह दिन भोजन मत कर; केवल यथेच्छ जलपान कर। प्राण जलमय है; इसलिये जल पीते रहनेसे उसका नाश नहीं होगा। उसने पंद्रह दिन भोजन नहीं किया। तत्पश्चात् वह उस (आरुणि) के पास आया [और बोला]—'भगवन्! क्या बोलूँ?' [पिताने कहा—] 'सोम्य! ऋक्, यजुः और सामका पाठ करो।' तब उसने कहा—'भगवन्! मुझे उनका स्फुरण नहीं होता।' वह उससे बोला—'सोम्य! जिस प्रकार बहुत-से ईंधनसे प्रज्वलित हुए अग्निका एक जुगनूके बराबर अङ्गारा रह जाय तो वह उससे अधिक दाह नहीं कर सकता, उसी प्रकार सोम्य! तेरी सोलह कलाओंमेंसे केवल एक ही कला रह गयी है। उसके द्वारा इस समय तू वेदका अनुभव नहीं कर सकता। अच्छा, अब भोजन कर; तब तू मेरी बात समझ जायगा' ॥ १–३ ॥

उसने भोजन किया और फिर उसके (आरुणिके) पास आया। तब उसने जो कुछ पूछा वह सब उसे उपस्थित हो गया। उससे [आरुणिने] कहा—'सोम्य! जिस प्रकार बहुत-से ईंधनसे बढ़े हुए अग्निका एक खद्योतमात्र अङ्गारा रह जाय और उसे तृणसे सम्पन्नकर प्रज्वलित कर दिया जाय तो वह उसकी (अपने पूर्व परिमाणकी) अपेक्षा भी अधिक दाह कर सकता है। इसी प्रकार सोम्य! तेरी सोलह कलाओं-मेंसे एक कला अवशिष्ट रह गयी थी। वह अन्नद्वारा वृद्धिको प्राप्त अर्थात् प्रज्वलित कर दी गयी। अब उसीसे तू वेदोंका अनुभव कर रहा है। अतः हे सोम्य! मन अन्नमय है, प्राण जलमय है और वाक् तेजोमयी है।' इस प्रकार [श्वेतकेतु] उसके इस कथनको विशेषरूपसे समझ गया, समझ गया ॥४–६॥

अष्टम खण्ड

सत्-आत्मा ही सबका मूल है

उद्दालक नामसे प्रसिद्ध अरुणके पुत्रने अपने पुत्र श्वेत-केतुसे कहा—'सोम्य! तू मेरेद्वारा स्वप्नान्त (सुषुप्ति अथवा स्वप्नके स्वरूप) को विशेषरूपसे समझ ले; जिस अवस्थामें यह पुरुष 'सोता है' ऐसा कहा जाता है उस समय सोम्य! यह सत्से सम्पन्न हो जाता है—यह अपने स्वरूपको प्राप्त हो जाता है। इसीसे इसे 'स्वपिति' ऐसा कहते हैं; क्योंकि उस समय यह स्व—अपनेको ही प्राप्त हो जाता है। जिस प्रकार डोरीमें बँधा हुआ पक्षी दिशा-विदिशाओंमें उड़कर अन्यत्र स्थान न मिलनेपर अपने बन्धनस्थानका ही आश्रय लेता है उसी प्रकार निश्चय ही सोम्य! यह मन दिशा-विदिशाओंमें उड़कर अन्यत्र स्थान न मिलनेसे प्राणका ही आश्रय लेता है, क्योंकि सोम्य! मन प्राणरूप बन्धनवाला ही है ॥ १–२ ॥

'सोम्य! तू मेरेद्वारा भूख और प्यासको जान। जिस समय यह पुरुष 'अशिशिषति' (खाना चाहता है) ऐसे नाम-वाला होता है उस समय जल ही इसके भक्षण किये हुए अन्न-को ले जाता है। जिस प्रकार लोकमें [गौ ले जानेवालेको] गोनाय, [अश्व ले जानेवालेको] अश्वनाय और [पुरुषोंको ले जानेवाले राजा या सेनापतिको] पुरुषनाय कहते हैं उसी प्रकार जलको 'अशनाय' ऐसा कहकर पुकारते हैं। हे सोम्य! उस जलसे ही तू इस [शरीररूप] शुङ्ग (अङ्कुर) को उत्पन्न हुआ समझ, क्योंकि यह निर्मूल (कारणरहित) नहीं हो सकता। अन्नको छोड़कर इसका मूल और कहाँ हो सकता है? इसी प्रकार सोम्य! तू अन्नरूप अङ्कुरके द्वारा जलरूप मूलको खोज और हे सोम्य! जलरूप अङ्कुरके द्वारा तेजोरूप मूलको खोज तथा तेजोरूप अङ्कुरके द्वारा सद्रूप मूलका अनुसन्धान कर। सोम्य! इस प्रकार यह सारी प्रजा सन्मूलक है तथा सत् ही इसका आश्रय है और सत् ही प्रतिष्ठा है ॥ ३-४ ॥

अब जिस समय यह पुरुष 'पिपासति' (पीना चाहता है) ऐसे नामवाला होता है तो उसके पीये हुए जलको तेज ही ले जाता है। अतः जिस प्रकार गोनाय, अश्वनाय एवं पुरुषनाय कहलाते हैं उसी प्रकार उस तेजको 'उदन्या' ऐसा कहकर पुकारते हैं। हे सोम्य! उस (जलरूप मूल) से यह शरीररूप अङ्कुर उत्पन्न हुआ है—ऐसा जान, क्योंकि यह मूल-रहित नहीं हो सकता ॥ ५ ॥

सोम्य! उस (जलके परिणामभूत शरीर) का जलके सिवा और कहाँ मूल हो सकता है? हे प्रियदर्शन! जलरूप अङ्कुरके द्वारा तू तेजोरूप मूलकी खोज कर और हे सोम्य! तेजोरूप अङ्कुरके द्वारा सद्रूप मूलकी शोध कर। हे सोम्य! यह सम्पूर्ण प्रजा सन्मूलक तथा सद्रूप आयतन और सद्रूप प्रतिष्ठा (लयस्थान) वाली है। हे सोम्य! जिस प्रकार ये तीनों देवताएँ पुरुषको प्राप्त होकर उनमेंसे प्रत्येक त्रिवृत्-त्रिवृत्

हो जाती हैं वह मैंने पहले ही कह दिया। हे सोम्य! मरणको प्राप्त होते हुए इस पुरुषकी वाक् मनमें लीन हो जाती है तथा मन प्राणमें, प्राण तेजमें और तेज परदेवतामें लीन हो जाता है। वह जो यह अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन्! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य!' ऐसा कहा ॥ ६-७ ॥

नवम खण्ड

मधुका दृष्टान्त

सोम्य! जिस प्रकार मधुमक्खियाँ मधु निष्पन्न करती हैं तो नाना दिशाओंके वृक्षोंका रस लाकर एकताको प्राप्त करा देती हैं। वे रस जिस प्रकार उस मधुमें इस प्रकारका विवेक प्राप्त नहीं कर सकते कि 'मैं इस वृक्षका रस हूँ और मैं इस वृक्षका रस हूँ' हे सोम्य! ठीक इसी प्रकार यह सम्पूर्ण प्रजा सत्को प्राप्त होकर यह नहीं जानती कि हम सत्को प्राप्त हो गये हैं। वे इस लोकमें व्याघ्र, सिंह, भेड़िया, शूकर, कीट, पतङ्ग, डाँस अथवा मच्छर जो-जो भी [सुषुप्ति आदिसे पूर्व] होते हैं वे ही पुनः हो जाते हैं ॥ १-३ ॥

वह जो यह अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और श्वेतकेतो! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन्! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य!' ऐसा कहा ॥ ४ ॥

दशम खण्ड

नदियोंका दृष्टान्त

सोम्य! ये नदियाँ पूर्ववाहिनी होकर पूर्वकी ओर बहती हैं तथा पश्चिमवाहिनी होकर पश्चिमकी ओर। वे समुद्रसे निकलकर फिर समुद्रमें ही मिल जाती हैं और वह समुद्र ही हो जाता है। वे सब जिस प्रकार वहाँ (समुद्रमें) यह नहीं जानतीं कि 'यह मैं हूँ, यह मैं हूँ'। ठीक इसी प्रकार सोम्य! ये सम्पूर्ण प्रजाएँ सत्से आनेपर यह नहीं जानतीं कि हम सत्के पाससे आयी हैं। इस लोकमें वे व्याघ्र, सिंह, शूकर, कीट, पतङ्ग, डाँस अथवा मच्छर जो-जो भी होते हैं वे ही फिर हो जाते हैं। वह जो यह अणिमा है, एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन्! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा सोम्य!' ऐसा कहा ॥ १-३ ॥

एकादश खण्ड

वृक्षका दृष्टान्त

हे सोम्य! यदि कोई इस महान् वृक्षके मूलमें आघात करे तो यह जीवित रहते हुए केवल रसस्राव करेगा और यदि इसके अग्रभागमें आघात करे तो भी यह जीवित रहते हुए ही रसस्राव करेगा। यह वृक्ष जीव—आत्मासे ओतप्रोत है और जलपान करता हुआ आनन्दपूर्वक स्थित है। यदि इस वृक्षकी एक शाखाको जीव छोड़ देता है तो वह सूख जाती है; यदि दूसरीको छोड़ देता है तो वह सूख जाती है और तीसरीको छोड़ देता है तो वह भी सूख जाती है, इसी प्रकार यदि सारे वृक्षको छोड़ देता है तो सारा वृक्ष सूख जाता है। 'सोम्य! ठीक इसी प्रकार तू जान कि जीवसे रहित होनेपर यह शरीर मर जाता है, जीव नहीं मरता'—ऐसा [आरुणिने] कहा, 'वह जो यह अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तू है।' [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन्! मुझे फिर समझाइये!' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य!' ऐसा कहा ॥ १-३ ॥

द्वादश खण्ड

वट-बीजका दृष्टान्त

इस (सामनेवाले वटवृक्ष) से एक बड़का फल ले आ। . फोड़।' [श्वेत०—] 'भगवन्! फोड़ दिया।' [आरुणि—] [श्वेतकेतु—] 'भगवन्! यह ले आया।' [आरुणि—] 'इसे 'इसमें क्या देखता है?' [श्वेत०—] 'भगवन्! इसमें ये

अणुके समान दाने हैं।' [आरुणि—] 'अच्छा वत्स ! इनमेंसे एकको फोड़ ।' [श्वेत०—] 'फोड़ दिया भगवन् !' [आरुणि—] 'इसमें क्या देखता है ?' [श्वेत०—] 'कुछ नहीं भगवन् !' तब उससे [आरुणिने] कहा—'हे सोम्य ! इस वटबीजकी जिस अणिमाको तू नहीं देखता, सोम्य ! उस अणिमाका ही यह इतना बड़ा वटवृक्ष खड़ा हुआ है। हे सोम्य ! तू [इस कथनमें] श्रद्धा कर।' वह जो यह अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और श्वेतकेतो ! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन् ! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य !' ऐसा कहा ॥ १–३ ॥

त्रयोदश खण्ड

नमकका दृष्टान्त

'इस नमकको जलमें डालकर कल प्रातःकाल मेरे पास आना।' आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतुने वैसा ही किया। तब आरुणिने उससे कहा—'वत्स ! रात तुमने जो नमक जलमें डाला था उसे ले आओ।' किंतु उसने ढूँढनेपर उसे उसमें न पाया। [आरुणि—] 'जिस प्रकार वह नमक इसीमें विलीन हो गया है [इसलिये तू उसे नेत्रसे नहीं देख सकता, उसे यदि जानना चाहता है तो] इस जलको ऊपरसे आचमन कर।' [उसके आचमन करनेपर आरुणिने पूछा—] 'कैसा है ?' [श्वेत०—] 'नमकीन है।' [आरुणि—] 'बीचमेंसे आचमन कर' 'अब कैसा है ?' [श्वेत०—] 'नमकीन है।' [आरुणि—] 'नीचेसे आचमन कर' 'अब कैसा है ?' [श्वेत०—] 'नमकीन है।' [आरुणि—] 'अच्छा, अब इस जलको फेंककर मेरे पास आ।' उसने वैसा ही किया, [और बोला—] 'उस जलमें नमक सदा ही विद्यमान था।' तब उससे पिताने कहा—'सोम्य ! [इसी प्रकार] वह सत् भी निश्चय यहीं विद्यमान है, तू उसे देखता नहीं है; परन्तु वह निश्चय यहीं विद्यमान है।' वह जो यह अणिमा है एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और श्वेतकेतो ! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन् ! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य !' ऐसा कहा ॥ १–३ ॥

चतुर्दश खण्ड

आँख बँधे हुए पुरुषका दृष्टान्त

हे सोम्य ! जिस प्रकार [कोई चोर] जिसकी आँखें बँधी हुई हों ऐसे किसी पुरुषको गान्धार देशसे लाकर जनशून्य स्थानमें छोड़ दे। उस जगह जिस प्रकार वह पूर्व, उत्तर, दक्षिण अथवा पश्चिमकी ओर मुख करके चिल्लावे कि 'मुझे आँखें बाँधकर यहाँ लाया गया है और आँखें बँधे हुए ही छोड़ दिया गया है।' उस पुरुषके बन्धनको खोलकर जैसे कोई कहे कि 'गान्धार देश इस दिशामें है, अतः इसी दिशाको जा,' तो वह बुद्धिमान् और समझदार पुरुष एक ग्रामसे दूसरा ग्राम पूछता हुआ गान्धारमें ही पहुँच जाता है, इसी प्रकार इस लोकमें आचार्यवान् पुरुष ही [सत्को] जानता है; उसके लिये [मोक्ष होनेमें] उतना ही विलम्ब है जबतक कि वह [देहबन्धनसे] मुक्त नहीं होता। उसके पश्चात् तो वह सत्सम्पन्न (ब्रह्मको प्राप्त) हो जाता है। वह जो यह अणिमा है, एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो ! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन् ! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य !' ऐसा कहा ॥ १–३ ॥

पञ्चदश खण्ड

मुमूर्षुका दृष्टान्त

सोम्य ! [ज्वरादिसे] सन्तप्त [मुमूर्षु] पुरुषको चारों ओरसे घेरकर उसके बान्धवगण पूछा करते हैं—'क्या तू मुझे जानता है ? क्या तू मुझे पहचानता है ?' जबतक उसकी वाणी मनमें लीन नहीं होती तथा मन प्राणमें, प्राण तेजमें और तेज परदेवतामें लीन नहीं होता तबतक वह पहचान लेता है। फिर जिस समय उसकी वाणी मनमें लीन हो जाती है तथा मन प्राणमें, प्राण तेजमें और तेज परदेवतामें लीन हो जाता है, तब वह नहीं पहचानता। वह जो यह अणिमा है;

एतद्रूप ही यह सब है। वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तू है। [आरुणिके इस प्रकार कहनेपर श्वेतकेतु बोला—] 'भगवन्! मुझे फिर समझाइये।' [तब आरुणिने] 'अच्छा, सोम्य!' ऐसा कहा ॥ १–३ ॥

षोडश खण्ड

मिथ्या ज्ञानी और सच्चे ज्ञानीकी पहचान

हे सोम्य! [राजकर्मचारी] किसी पुरुषको हाथ बाँधकर लाते हैं [और कहते हैं—] 'इसने धनका अपहरण किया है, चोरी की है इसके लिये परशु तपाओ।' वह यदि उसका (चोरीका) करनेवाला होता है तो अपनेको मिथ्यावादी प्रमाणित करता है। वह मिथ्याभिनिवेशवाला पुरुष अपनेको मिथ्यासे छिपाता हुआ तपे हुए परशुको ग्रहण करता है; किंतु वह उससे दग्ध होता है और मारा जाता है। और यदि वह उस (चोरी) का करनेवाला नहीं होता तो उसीसे वह अपनेको सत्य प्रमाणित करता है। वह सत्याभिसन्ध अपनेको सत्यसे आवृत कर उस तपे हुए परशुको पकड़ लेता है। वह उससे नहीं जलता और तत्काल छोड़ दिया जाता है। वह जिस प्रकार उस [परीक्षाके] समय नहीं जलता [उसी प्रकार विद्वान्‌का पुनरावर्तन नहीं होता और अविद्वान्‌का होता है]। यह सब एतद्रूप ही है, वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतो! वही तू है। तब वह (श्वेतकेतु) उसे जान गया—उसे जान गया ॥ १–३ ॥

॥ षष्ठ अध्याय समाप्त ॥ ६ ॥



ॐ

सप्तम अध्याय

प्रथम खण्ड

नामकी ब्रह्मरूपमें उपासना

'भगवन्! मुझे उपदेश कीजिये' ऐसा कहते हुए नारदजी सनत्कुमारजीके पास गये। उनसे सनत्कुमारजीने कहा—'तुम जो कुछ जानते हो उसे बतलाते हुए मेरे प्रति उपसन्न होओ; तब मैं तुम्हें उससे आगे बतलाऊँगा।' तब नारदने कहा—॥ १ ॥

'भगवन्! मैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और चौथा अथर्ववेद जानता हूँ, [इनके सिवा] इतिहास-पुराणरूप पाँचवाँ वेद, वेदोंका वेद (व्याकरण), श्राद्धकल्प, गणित, उत्पातज्ञान, निधिशास्त्र, तर्कशास्त्र, नीति, देवविद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, नक्षत्रविद्या, सर्पविद्या (गारुड मन्त्र) और देवजनविद्या—नृत्य-संगीत आदि—हे भगवन्! यह सब मैं जानता हूँ। हे भगवन्! वह मैं केवल मन्त्रवेत्ता ही हूँ, आत्मवेत्ता नहीं हूँ। मैंने आप-जैसोंसे सुना है कि आत्मवेत्ता शोकको पार कर लेता है, परंतु भगवन्! मैं शोक करता हूँ; ऐसे मुझको हे भगवन्! शोकसे पार कर दीजिये।' तब सनत्कुमारने उनसे कहा—'तुम यह जो कुछ जानते हो वह नाम ही है। ऋग्वेद नाम है तथा यजुर्वेद, सामवेद, चौथा आथर्वण वेद, पाँचवाँ वेद इतिहास-पुराण, वेदोंका वेद (व्याकरण), श्राद्धकल्प, गणित, उत्पातज्ञान, निधिज्ञान, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र, निरुक्त, वेदविद्या, भूतविद्या, धनुर्वेद, ज्यौतिष, गारुड, संगीतादि कला और शिल्पविद्या—ये सब भी नाम ही हैं। तुम नामकी उपासना करो। वह जो कि नामकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है, उसकी जहाँतक नामकी गति होती है वहाँतक यथेच्छ गति हो जाती है, जो कि नामकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है।' [नारद—] 'भगवन्! क्या नामसे भी अधिक कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'नामसे भी अधिक है।' [नारद—]'तो भगवन्! मुझे वही बतलावें।'२–५

द्वितीय खण्ड

वाक्‌की ब्रह्मरूपमें उपासना

वाक् ही नामसे बढ़कर है; वाक् ही ऋग्वेदको विज्ञापित करती है तथा यजुर्वेद, सामवेद, चतुर्थ आथर्वण वेद, पञ्चम वेद इतिहास-पुराण, वेदोंके वेद व्याकरण, श्राद्धकल्प, गणित, उत्पातशास्त्र, निधिज्ञान, तर्कशास्त्र, नीति, निरुक्त, वेदविद्या, भूतविद्या, धनुर्वेद, ज्यौतिष, गारुड, संगीतशास्त्र, द्युलोक, पृथिवी, वायु, आकाश, जल, तेज, देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, तृण-वनस्पति, श्वापद (हिंस्र जन्तु), कीट-पतंग, पिपीलिका-पर्यन्त प्राणी, धर्म और अधर्म, सत्य और असत्य, साधु और असाधु, मनोज्ञ और अमनोज्ञ जो कुछ भी है [उसे वाक् ही विज्ञापित करती है]। यदि वाणी न होती तो न धर्मका और न अधर्मका ही ज्ञान होता; तथा न सत्य, न असत्य, न साधु, न असाधु, न मनोज्ञ और न अमनोज्ञका ही ज्ञान हो सकता। वाणी ही इन सबका ज्ञान कराती है; अतः तुम वाक्‌की उपासना करो। वह जो वाणीकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है उसकी जहाँतक वाणीकी गति है वहाँतक स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि वाणीकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या वाणीसे भी बढ़कर कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'वाणीसे भी बढ़कर है ही।' [नारद—] 'भगवन्! वह मुझे बतलाइये' ॥ १-२ ॥

तृतीय खण्ड

मनकी ब्रह्मरूपमें उपासना

मन ही वाणीसे उत्कृष्ट है। जिस प्रकार दो आँवले, दो बेर अथवा दो बहेड़े मुट्ठीमें आ जाते हैं, उसी प्रकार वाक् और नामका मनमें अन्तर्भाव हो जाता है। यह पुरुष जिस समय मनसे विचार करता है कि 'मन्त्रोंका पाठ करूँ' तभी पाठ करता है, जिस समय सोचता है 'काम करूँ' तभी काम करता है, जब विचारता है 'पुत्र और पशुओंकी इच्छा करूँ' तभी उनकी इच्छा करता है और जब ऐसा संकल्प करता है कि 'इस लोक और परलोककी कामना करूँ' तभी उनकी

कामना करता है। मन ही आत्मा है, मन ही लोक है और मन ही ब्रह्म है; तुम मनकी उपासना करो। वह जो कि मनकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है, उसकी जहाँतक मनकी गति है वहाँतक स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि मनकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या मनसे भी बढ़कर कोई है?' [सनत्कुमार—] 'मनसे बढ़कर भी है ही।' [नारद—] 'भगवन्! मेरे प्रति उसीका उपदेश करें' ॥ १-२ ॥

चतुर्थ खण्ड

संकल्पकी ब्रह्मरूपमें उपासना

सङ्कल्प ही मनसे बढ़कर है। जिस समय पुरुष संकल्प करता है, तभी वह मनस्यन करता है और फिर वाणीको प्रेरित करता है। वह उसे नामके प्रति प्रवृत्त करता है; नाममें सब मन्त्र एकरूप हो जाते हैं और मन्त्रोंमें कर्मोंका अन्तर्भाव हो जाता है। वे ये (मन आदि) एकमात्र संकल्परूप लयस्थानवाले, संकल्पमय और संकल्पमें ही प्रतिष्ठित हैं। द्युलोक और पृथ्वीने मानो संकल्प किया है। वायु और आकाशने संकल्प किया है, जल और तेजने संकल्प किया। उनके संकल्पके लिये वृष्टि समर्थ होती है, [अर्थात् उन द्युलोकादिके संकल्पसे वृष्टि होती है] वृष्टिके संकल्पके लिये अन्न समर्थ होता है, अन्नके संकल्पके लिये प्राण समर्थ होते हैं, प्राणोंके संकल्पके लिये मन्त्र समर्थ होते हैं, मन्त्रोंके संकल्पके लिये कर्म समर्थ होते हैं, कर्मोंके संकल्पके लिये लोक (फल) समर्थ होता है और लोकोंके संकल्पके लिये सब समर्थ होते हैं। वह (ऐसा) यह संकल्प है; तुम संकल्पकी उपासना करो। वह जो कि संकल्पकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है [विधाताके] रचे हुए ध्रुवलोकोंको स्वयं ध्रुव होकर, प्रतिष्ठित लोकोंको स्वयं प्रतिष्ठित होकर तथा व्यथा न पानेवाले लोकोंको स्वयं व्यथा न पाता हुआ सब प्रकार प्राप्त करता है। जहाँतक संकल्पकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि संकल्पकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या संकल्पसे भी बढ़कर कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'संकल्पसे बढ़कर भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १–३ ॥

पञ्चम खण्ड

चित्तकी ब्रह्मरूपमें उपासना

चित्त ही सङ्कल्पसे उत्कृष्ट है। जिस समय पुरुष चेतनावान् होता है तभी वह संकल्प करता है, फिर मनन करता है, तत्पश्चात् वाणीको प्रेरित करता है, उसे नाममें प्रवृत्त करता है। नाममें मन्त्र एकरूप होते हैं और मन्त्रोंमें कर्म। वे ये [संकल्पादि] एकमात्र चित्तरूप लयस्थानवाले, चित्तमय तथा चित्तमें ही प्रतिष्ठित हैं। इसीसे यद्यपि कोई मनुष्य बहुज्ञ भी हो तो भी यदि वह अचित्त होता है तो लोग कहने लगते हैं कि 'यह तो कुछ भी नहीं है, यदि यह कुछ जानता अथवा विद्वान् होता तो ऐसा अचित्त न होता।' और यदि कोई अल्पज्ञ होनेपर भी चित्तवान् हो तो उसीसे वे सब श्रवण करना चाहते हैं। अतः चित्त ही इनका एकमात्र आश्रय है, चित्त ही आत्मा है और चित्त ही प्रतिष्ठा है, तुम चित्तकी उपासना करो। वह जो कि चित्तकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है [अपने लिये] उपचित हुए ध्रुवलोकोंको स्वयं ध्रुव होकर, प्रतिष्ठित लोकोंको स्वयं प्रतिष्ठित होकर तथा व्यथा न पानेवाले लोकोंको स्वयं व्यथा न पाता हुआ सब प्रकार प्राप्त करता है। जहाँतक चित्तकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि चित्तकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या चित्तसे बढ़कर भी कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'चित्तसे बढ़कर भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १–३ ॥

षष्ठ खण्ड

ध्यानकी ब्रह्मरूपमें उपासना

ध्यान ही चित्तसे बढ़कर है। पृथ्वी मानो ध्यान करती है, अन्तरिक्ष मानो ध्यान करता है, द्युलोक मानो ध्यान करता है, जल मानो ध्यान करते हैं, पर्वत मानो ध्यान करते हैं तथा देवता और मनुष्य भी मानो ध्यान करते हैं। अतः जो लोग यहाँ मनुष्योंमें महत्त्व प्राप्त करते हैं वे मानो ध्यानके लाभका ही अंश पाते हैं; किंतु जो क्षुद्र होते हैं वे कलहप्रिय, चुगलखोर

और दूसरोंके मुँहपर ही उनकी निन्दा करनेवाले होते हैं। तथा जो सामर्थ्यवान् हैं वे भी ध्यानके लाभका ही अंश प्राप्त करनेवाले हैं। अतः तुम ध्यानकी उपासना करो। वह जो कि ध्यानकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है, जहाँतक ध्यानकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि ध्यानकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या ध्यानसे भी उत्कृष्ट कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'ध्यानसे भी उत्कृष्ट है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १-२ ॥

सप्तम खण्ड

विज्ञानकी ब्रह्मरूपमें उपासना

विज्ञान ही ध्यानसे श्रेष्ठ है। विज्ञानसे ही पुरुष ऋग्वेद समझता है; तथा विज्ञानसे ही वह यजुर्वेद, सामवेद, चौथे आथर्वण वेद; वेदोंमें पाँचवें वेद इतिहास-पुराण, व्याकरण, श्राद्धकल्प, गणित, उत्पातज्ञान, निधिज्ञान, तर्कशास्त्र, नीति, देवविद्या (निरुक्त), ब्रह्मविद्या, भूतविद्या, धनुर्वेद, ज्यौतिष, गारुड और शिल्पविद्या, द्युलोक, पृथिवी, वायु, आकाश, जल, तेज, देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, तृण, वनस्पति, श्वापद, कीट-पतंग-पिपीलिकापर्यन्त सम्पूर्ण जीव, धर्म, अधर्म, सत्य, असत्य, साधु, असाधु, मनोज्ञ, अमनोज्ञ, अन्न, रस तथा इहलोक और परलोकको जानता है। तुम विज्ञानकी उपासना करो। वह जो कि विज्ञानकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है उसे विज्ञानवान् एवं ज्ञानवान् लोकोंकी प्राप्ति होती है। जहाँतक विज्ञानकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि विज्ञानकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या विज्ञानसे भी श्रेष्ठ कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'विज्ञानसे श्रेष्ठ भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे वही बतलावें' ॥ १-२ ॥

अष्टम खण्ड

बलकी ब्रह्मरूपमें उपासना

बल ही विज्ञानकी अपेक्षा उत्कृष्ट है। सौ विज्ञानवानोंको भी एक बलवान् हिला देता है। जिस समय यह पुरुष बलवान् होता है तभी उठनेवाला भी होता है, उठकर [अर्थात् उठनेवाला होनेपर] ही परिचर्या करनेवाला होता है तथा परिचर्या करनेवाला होनेपर ही उपसदन (समीप गमन) करनेवाला होता है और उपसदन करनेपर ही दर्शन करनेवाला होता है, श्रवण करनेवाला होता है, मनन करनेवाला होता है, बोधवान् होता है, कर्ता होता है एवं विज्ञाता होता है। बलसे ही पृथ्वी स्थित है; बलसे ही अन्तरिक्ष, बलसे ही द्युलोक, बलसे ही पर्वत, बलसे ही देवता और मनुष्य, बलसे ही पशु, पक्षी, तृण, वनस्पति, श्वापद और कीट-पतंग एवं पिपीलिकापर्यन्त समस्त प्राणी स्थित हैं तथा बलसे ही लोक स्थित है। तुम बलकी उपासना करो। वह जो कि बलकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है उसकी, जहाँतक बलकी गति है, स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि बलकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या बलसे भी उत्कृष्ट कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'बलसे उत्कृष्ट भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मेरे प्रति उसीका वर्णन करें' ॥ १-२ ॥

नवम खण्ड

अन्नकी ब्रह्मरूपमें उपासना

अन्न ही बलसे उत्कृष्ट है। इसीसे यदि दस दिन भोजन न करे और जीवित भी रह जाय तो भी वह अद्रष्टा, अश्रोता, अमन्ता, अबोद्धा, अकर्ता और अविज्ञाता हो ही जाता है। फिर अन्नकी प्राप्ति होनेपर ही वह द्रष्टा होता है, श्रोता होता है, मनन करनेवाला होता है, बोद्धा होता है, कर्ता होता है और विज्ञाता होता है। तुम अन्नकी उपासना करो। वह जो कि अन्नकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है उसे अन्नवान् और पानवान् लोकोंकी प्राप्ति होती है। जहाँतक अन्नकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि अन्नकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या अन्नसे बढ़कर भी कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'अन्नसे बढ़कर भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १-२ ॥

सनत्कुमार-नारद-संवाद

दशम खण्ड

जलकी ब्रह्मरूपमें उपासना

जल ही अन्नकी अपेक्षा उत्कृष्ट है। इसीसे जब सुवृष्टि नहीं होती तो प्राण [इसलिये] दुःखी हो जाते हैं कि अन्न थोड़ा होगा और जब सुवृष्टि होती है तो यह सोचकर कि खूब अन्न होगा, प्राण प्रसन्न हो जाते हैं। यह जो पृथ्वी है मूर्तिमान् जल ही है तथा जो अन्तरिक्ष, जो द्युलोक, जो पर्वत, जो देव-मनुष्य, जो पशु और पक्षी तथा जो तृण, वनस्पति, श्वापद और कीट-पतंग-पिपीलिकापर्यन्त प्राणी हैं वे भी मूर्तिमान् जल ही हैं। अतः तुम जलकी उपासना करो। वह जो कि जलकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है, सम्पूर्ण कामनाओंको प्राप्त कर लेता है और तृप्तिमान् होता है। जहाँतक जलकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि जलकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या जलसे भी श्रेष्ठ कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'जलसे श्रेष्ठ भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १-२ ॥

एकादश खण्ड

तेजकी ब्रह्मरूपमें उपासना

तेज ही जलकी अपेक्षा उत्कृष्टतर है। वह यह तेज जिस समय वायुको निश्चल कर आकाशको सब ओरसे तप्त करता है उस समय लोग कहते हैं—'गर्मी हो रही है, बड़ा ताप है, वर्षा होगी।' इस प्रकार तेज ही पहले अपनेको उद्भूत हुआ दिखलाकर फिर जलकी उत्पत्ति करता है। वह यह तेज ऊर्ध्वगामी और तिर्यक्-गामी विद्युत्के सहित गड़गड़ाहटका शब्द फैला देता है। इसीसे लोग कहते हैं—'बिजली चमकती है, बादल गर्जता है, वर्षा होगी।' इस प्रकार तेज ही पहले अपनेको प्रदर्शित कर फिर जलको उत्पन्न करता है। अतः तेजकी उपासना करो। वह जो कि तेजकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है वह तेजस्वी होकर तेजःसम्पन्न, प्रकाशमान और तमोहीन लोकोंको प्राप्त करता है। जहाँतक तेजकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि तेजकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या तेजसे भी बढ़कर कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'तेजसे बढ़कर भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १-२ ॥

द्वादश खण्ड

आकाशकी ब्रह्मरूपमें उपासना

आकाश ही तेजसे बढ़कर है। आकाशमें ही सूर्य, चन्द्र ये दोनों तथा विद्युत्, नक्षत्र और अग्नि स्थित हैं। आकाशके द्वारा ही एक-दूसरेको पुकारते हैं, आकाशसे ही सुनते हैं, आकाशसे ही प्रतिश्रवण करते हैं, आकाशमें ही रमण करते हैं, आकाशमें ही रमण नहीं करते, आकाशमें ही [सब पदार्थ] उत्पन्न होते हैं और आकाशकी ओर ही [सब जीव एवं अङ्कुरादि] बढ़ते हैं। तुम आकाशकी उपासना करो। वह जो कि आकाशकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है वह आकाशवान्, प्रकाशवान्, पीडारहित और विस्तारवाले लोकोंको प्राप्त करता है। जहाँतक आकाशकी गति है वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि आकाशकी 'यह ब्रह्म है' ऐसी उपासना करता है। [नारद—] 'भगवन्! क्या आकाशसे बढ़कर भी कुछ है?' [सनत्कुमार—] 'आकाशसे बढ़कर भी है ही।' [नारद—] 'भगवान् मुझे उसीका उपदेश करें' ॥ १-२ ॥

त्रयोदश खण्ड

स्मरणकी ब्रह्मरूपमें उपासना

स्मर (स्मरण) ही आकाशसे बढ़कर है। इसीसे यद्यपि बहुत-से लोग [एक स्थानपर] बैठे हों तो भी स्मरण न करनेपर वे न कुछ सुन सकते हैं, न मनन कर सकते हैं और न जान ही सकते हैं। जिस समय वे स्मरण करते हैं, उसी समय सुन सकते हैं, उसी समय मनन कर सकते हैं और उसी समय जान सकते हैं। स्मरण करनेसे ही पुरुष पुत्रोंको

पहचानता है और स्मरणसे ही पशुओंको । तुम स्मरकी उपासना करो । वह जो कि स्मरकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है, उसकी जहाँतक स्मरकी गति है, वहाँतक स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि स्मरकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है । [नारद—] 'भगवन् ! क्या स्मरसे भी श्रेष्ठ कुछ है ?' [सनत्कुमार—] 'स्मरसे भी श्रेष्ठ है ही ।' [नारद—] 'भगवान् मेरे प्रति उसका वर्णन करें' । ॥ १-२ ॥

चतुर्दश खण्ड

आशाकी ब्रह्मरूपसे उपासना

आशा ही स्मरणकी अपेक्षा उत्कृष्ट है । आशासे दीप्त हुआ स्मरण ही मन्त्रोंका पाठ करता है, कर्म करता है, पुत्र और पशुओंकी इच्छा करता है तथा इस लोक और परलोककी कामना करता है । तुम आशाकी उपासना करो । वह जो कि आशाकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है, उसकी सब कामनाएँ आशासे समृद्ध होती हैं । उसकी प्रार्थनाएँ सफल होती हैं । जहाँतक आशाकी गति है, वहाँतक उसकी स्वेच्छागति हो जाती है, जो कि आशाकी 'यह ब्रह्म है' इस प्रकार उपासना करता है । [नारद—] 'भगवन् ! क्या आशासे बढ़कर भी कुछ है ?' [सनत्कुमार—] 'आशासे बढ़कर भी है ही ।' [नारद—] 'भगवान् मुझे वह बतलावें' ॥ १-२ ॥

पञ्चदश खण्ड

प्राणकी ब्रह्मरूपसे उपासना

प्राण ही आशासे बढ़कर है । जिस प्रकार रथचक्रकी नाभिमें अरे समर्पित रहते हैं, उसी प्रकार इस प्राणमें सारा जगत् समर्पित है । प्राण प्राण (अपनी शक्ति) के द्वारा गमन करता है; प्राण प्राणको देता है और प्राणके लिये ही देता है । प्राण ही पिता है, प्राण माता है, प्राण भाई है, प्राण बहिन है, प्राण आचार्य है और प्राण ही ब्राह्मण है । यदि कोई पुरुष अपने पिता, माता, भ्राता, भगिनी, आचार्य अथवा ब्राह्मणके लिये कोई अनुचित बात कहता है तो [उसके समीपवर्ती लोग] उससे कहते हैं—'तुझे धिक्कार है, तू निश्चय ही पिताका हनन करनेवाला है, तू तो माताका वध करनेवाला है, तू तो भाईको मारनेवाला है, तू तो बहिनकी हत्या करनेवाला है, तू तो आचार्यका घात करनेवाला है, तू निश्चय ही ब्रह्मघाती है । किंतु जिनके प्राण उत्क्रमण कर गये हैं, उन पिता आदि [के प्राणहीन शरीर] को यदि वह शूलसे एकत्रित और छिन्न-भिन्न करके जला दे तो भी उससे 'तू पिताकी हत्या करनेवाला है' 'तू माताकी हत्या करनेवाला है' 'तू भ्राताकी हत्या करनेवाला है' 'तू बहिनकी हत्या करनेवाला है' 'तू आचार्यका घात करनेवाला है' अथवा 'तू ब्रह्मघाती है' ऐसा कुछ नहीं कहते । प्राण ही ये सब [पिता आदि] हैं । वह जो इस प्रकार देखनेवाला, इस प्रकार चिन्तन करनेवाला और इस प्रकार जाननेवाला है, अतिवादी होता है । उससे यदि कोई कहे कि 'तू अतिवादी है' तो उसे यही कहना चाहिये कि 'हाँ, अतिवादी हूँ' उसे छिपाना नहीं चाहिये ॥ १–४ ॥

षोडश खण्ड

सत्य ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जो सत्य (परमार्थ सत्य आत्माके विज्ञान) के कारण अतिवदन करता है, वही निश्चय अतिवदन करता है ।' [नारद—] 'भगवन् ! मैं तो परमार्थ सत्य विज्ञानके कारण ही अतिवदन करता हूँ ।' [सनत्कुमार—] 'सत्यकी ही तो विशेषरूपसे जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] 'भगवन् ! मैं विशेषरूपसे सत्यकी जिज्ञासा करता हूँ' ॥ १ ॥

सप्तदश खण्ड

विज्ञान ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जिस समय पुरुष सत्यको विशेषरूपसे जानता है, तभी वह सत्य बोलता है, बिना जाने सत्य नहीं बोलता; अपितु विशेषरूपसे जाननेवाला ही सत्यका कथन करता है । अतः विज्ञानकी ही विशेषरूपसे जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] 'भगवन् ! मैं विज्ञानको विशेषरूपसे जानना चाहता हूँ' ॥ १ ॥

अष्टादश खण्ड

मति ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जिस समय मनुष्य मनन करता है, ही विशेषरूपसे जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] तभी वह विशेषरूपसे जानता है; बिना मनन किये कोई नहीं
जानता, अपितु मनन करनेपर ही जानता है । अतः मतिकी 'भगवन् ! मैं मतिके विज्ञानकी इच्छा करता हूँ' ॥ १ ॥

एकोनविंश खण्ड

श्रद्धा ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जिस समय मनुष्य श्रद्धा करता है, श्रद्धाकी ही विशेषरूपसे जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] तभी वह मनन करता है; बिना श्रद्धा किये कोई मनन नहीं
करता । अपितु श्रद्धा करनेवाला ही मनन करता है । अतः 'भगवन् ! मैं श्रद्धाके विज्ञानकी इच्छा करता हूँ' ॥ १ ॥

विंश खण्ड

निष्ठा ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जिस समय पुरुषकी निष्ठा होती है, विशेषरूपसे जाननेकी इच्छा करनी चाहिये ।' [नारद—] तभी वह श्रद्धा करता है; बिना निष्ठाके कोई श्रद्धा नहीं करता, 'भगवन् ! मैं निष्ठाको विशेषरूपसे जानना चाहता
अपितु निष्ठा करनेवाला ही श्रद्धा करता है । अतः निष्ठाको ही हूँ' ॥ १ ॥

एकविंश खण्ड

कृति ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जिस समय मनुष्य करता है, उस ही विशेषरूपसे जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] समय वह निष्ठा भी करने लगता है; बिना किये किसीकी निष्ठा 'भगवन् ! मैं कृतिकी विशेषरूपसे जिज्ञासा करता
नहीं होती, पुरुष करनेपर ही निष्ठावान् होता है । अतः कृतिकी हूँ' ॥ १ ॥

द्वाविंश खण्ड

सुख ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'जब मनुष्यको सुख प्राप्त होता है, जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] 'भगवन् ! मैं सुखकी तभी वह करता है; बिना सुख मिले कोई नहीं करता, अपितु
सुख मिलनेपर ही करता है; अतः सुखकी ही विशेषरूपसे विशेषरूपसे जिज्ञासा करता हूँ' ॥ १ ॥

त्रयोविंश खण्ड

भूमा ही विशेषरूपसे जिज्ञास्य है

[सनत्कुमार—] 'निश्चय जो भूमा है, वही सुख है, जिज्ञासा करनी चाहिये ।' [नारद—] 'भगवन् ! मैं भूमाकी अल्पमें सुख नहीं है । सुख भूमा ही है । भूमाकी ही विशेषरूपसे विशेषरूपसे जिज्ञासा करता हूँ' ॥ १ ॥

चतुर्विंश खण्ड

भूमा ही अमृत है

[सनत्कुमार—] 'जहाँ कुछ और नहीं देखता, कुछ किंतु जहाँ कुछ और देखता है, कुछ और सुनता है एवं कुछ
और नहीं सुनता तथा कुछ और नहीं जानता, वह भूमा है । और जानता है, वह अल्प है । जो भूमा है, वही अमृत है

और जो अल्प है, वह मर्त्य है।' [नारद—] 'भगवन्! वह (भूमा) किसमें प्रतिष्ठित है?' [सनत्कुमार—] 'अपनी महिमामें, अथवा अपनी महिमामें भी नहीं है। इस लोकमें गौ, अश्व आदिको महिमा कहते हैं तथा हाथी, सुवर्ण, दास, भार्या, क्षेत्र और घर इनका नाम भी महिमा है; किन्तु मेरा ऐसा कथन नहीं है; क्योंकि अन्य पदार्थ अन्यमें प्रतिष्ठित होता है। मैं तो यह कहता हूँ'—ऐसा सनत्कुमारजीने कहा ॥ १-२ ॥

पञ्चविंश खण्ड

भूमा ही सर्वत्र सब कुछ और आत्मा है

वही नीचे है, वही ऊपर है, वही पीछे है, वही आगे है, वही दायीं ओर है, वही बायीं ओर है और वही यह सब है। अब उसीमें अहङ्कारादेश किया जाता है—मैं ही नीचे हूँ, मैं ही ऊपर हूँ, मैं ही पीछे हूँ, मैं ही आगे हूँ, मैं ही दायीं ओर हूँ, मैं ही बायीं ओर हूँ और मैं ही यह सब हूँ ॥ १ ॥

अब आत्मरूपसे ही भूमाका आदेश किया जाता है। आत्मा ही नीचे है, आत्मा ही ऊपर है, आत्मा ही पीछे है, आत्मा ही आगे है, आत्मा ही दायीं ओर है, आत्मा ही बायीं ओर है और आत्मा ही यह सब है। वह यह इस प्रकार देखनेवाला, इस प्रकार मनन करनेवाला तथा विशेषरूपसे इस प्रकार जाननेवाला आत्मरति, आत्मक्रीड, आत्ममिथुन और आत्मानन्द होता है; वह स्वराट् है; सम्पूर्ण लोकोंमें उसकी यथेच्छ गति होती है। किंतु जो इससे विपरीत जानते हैं वे अन्यराट (जिनका राजा अपनेसे भिन्न कोई और है, ऐसे) और क्षय्यलोक (क्षयशील लोकोंको प्राप्त होनेवाले) होते हैं। उनकी सम्पूर्ण लोकोंमें स्वेच्छागति नहीं होती ॥ २ ॥

षड्विंश खण्ड

आत्मदर्शनसे सबकी प्राप्ति; आहारशुद्धिसे क्रमशः अविद्याकी निवृत्ति

उस इस प्रकार देखनेवाले, इस प्रकार मनन करनेवाले और इस प्रकार जाननेवाले इस विद्वान्‌के लिये आत्मासे प्राण, आत्मासे आशा, आत्मासे स्मृति, आत्मासे आकाश, आत्मासे तेज, आत्मासे जल, आत्मासे आविर्भाव और तिरोभाव, आत्मासे अन्न, आत्मासे बल, आत्मासे विज्ञान, आत्मासे ध्यान, आत्मासे चित्त, आत्मासे संकल्प, आत्मासे मन, आत्मासे वाक्, आत्मासे नाम, आत्मासे मन्त्र, आत्मासे कर्म और आत्मासे ही यह सब हो जाता है ॥ १ ॥

इस विषयमें यह मन्त्र है—विद्वान् न तो मृत्युको देखता है, न रोगको और न दुःखत्वको ही। वह विद्वान् सबको [आत्मरूप ही] देखता है, अतः सबको प्राप्त हो जाता है। वह एक होता है फिर वही तीन, पाँच, सात और नौ रूप हो जाता है। फिर वही ग्यारह कहा गया है तथा वही सौ, दस, एक, सहस्र और बीस भी होता है। आहारशुद्धि (विषयोपलब्धिरूप विज्ञानकी शुद्धि) होनेपर अन्तःकरणकी शुद्धि होती है; अन्तःकरणकी शुद्धि होनेपर निश्चल स्मृति होती है तथा स्मृतिकी प्राप्ति होनेपर सम्पूर्ण ग्रन्थियोंकी निवृत्ति हो जाती है। [इस प्रकार] जिनकी वासनाएँ क्षीण हो गयी थीं, उन (नारदजी) को भगवान् सनत्कुमारने अज्ञानान्धकारका पार दिखलाया। उन (सनत्कुमारजी) को 'स्कन्द' ऐसा कहते हैं, 'स्कन्द' ऐसा कहते हैं ॥ २ ॥

॥ सप्तम अध्याय समाप्त ॥ ७ ॥



ॐ

अष्टम अध्याय

प्रथम खण्ड

आत्मा ही सत्य है

अब इस ब्रह्मपुरके भीतर और जो यह सूक्ष्म कमलाकार स्थान है, इसमें जो सूक्ष्म आकाश है और उसके भीतर जो वस्तु है, उसका अन्वेषण करना चाहिये और उसीकी जिज्ञासा करनी चाहिये। उस (गुरु) से यदि [शिष्यगण] कहें कि इस ब्रह्मपुरमें जो सूक्ष्म कमलाकार गृह है, उसमें जो अन्तराकाश है, उसके भीतर क्या वस्तु है, जिसका अन्वेषण करना चाहिये अथवा जिसकी जिज्ञासा करनी चाहिये ?—तो [इस प्रकार कहनेवाले शिष्योंके प्रति] वह आचार्य यों कहें ॥ १-२ ॥

जितना यह [भौतिक] आकाश है, उतना ही हृदयान्तर्गत आकाश है। द्युलोक और पृथिवी ये दोनों लोक सम्यक् प्रकारसे इसके भीतर ही स्थित हैं। इसी प्रकार अग्नि और वायु—ये दोनों, सूर्य और चन्द्रमा—ये दोनों तथा विद्युत् और नक्षत्र एवं इस आत्माका जो कुछ इस लोकमें है और जो नहीं है, वह सब सम्यक् प्रकारसे इसीमें स्थित है ॥ ३ ॥

उस आचार्यसे यदि शिष्यगण कहें कि यदि इस ब्रह्मपुरमें यह सब समाहित है तथा सम्पूर्ण भूत और समस्त कामनाएँ भी सम्यक् प्रकारसे स्थित हैं तो जिस समय यह वृद्धावस्थाको प्राप्त होता अथवा नष्ट हो जाता है, उस समय क्या शेष रह जाता है ?। तो उसे कहना चाहिये 'इस (देह) की जरावस्थासे यह (आकाशाख्य ब्रह्म) जीर्ण नहीं होता। इसके वधसे उसका नाश नहीं होता। यह ब्रह्मपुर सत्य है; इसमें [सम्पूर्ण] कामनाएँ सम्यक् प्रकारसे स्थित हैं; यह आत्मा है, धर्माधर्मसे शून्य है तथा जराहीन, मृत्युहीन, शोकरहित, भोजनेच्छारहित, पिपासाशून्य, सत्यकाम और सत्यसंकल्प है; जिस प्रकार इस लोकमें प्रजा राजाकी आज्ञाका अनुवर्तन करती है तो वह जिस-जिस सन्निहित वस्तुकी कामना करती है तथा जिस-जिस देश या भूभागकी इच्छा करती है, उसी-उसीके आश्रित जीवन धारण करती है। जिस प्रकार यहाँ कर्मसे प्राप्त किया हुआ लोक क्षीण हो जाता है, उसी प्रकार परलोकमें पुण्योपार्जित लोक क्षीण हो जाता है। जो लोग इस लोकमें आत्माको और इन सत्य कामनाओंको बिना जाने ही परलोकगामी होते हैं, उनकी सम्पूर्ण लोकोंमें यथेच्छगति नहीं होती। परंतु जो इस लोकमें आत्माको तथा सत्य कामनाओंको जानकर [परलोकमें] जाते हैं, उनकी समस्त लोकोंमें यथेच्छगति होती है' ॥ ४–६ ॥

द्वितीय खण्ड

आत्मज्ञानीकी सङ्कल्पसिद्धि

वह यदि पितृलोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही पितृगण वहाँ उपस्थित होते हैं [अर्थात् उसके आत्मसम्बन्धी हो जाते हैं,] उस पितृलोकसे सम्पन्न होकर वह महिमान्वित होता है। और यदि वह मातृलोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही माताएँ वहाँ उपस्थित हो जाती हैं। उस मातृलोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह भ्रातृलोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही भ्रातृगण वहाँ उपस्थित हो जाते हैं। उस भ्रातृलोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह भगिनीलोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही बहनें वहाँ उपस्थित हो जाती हैं। उस भगिनीलोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह सखाओंके लोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही सखा लोग वहाँ उपस्थित हो जाते हैं। उन सखाओंके लोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह गन्धमाल्यलोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही गन्धमाल्यादि वहाँ उपस्थित हो जाते हैं। उस गन्धमाल्यलोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह अन्नपानसम्बन्धी लोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही अन्नपान उसके पास उपस्थित हो जाते हैं। उस अन्न-पान-लोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह गीतवाद्यसम्बन्धी लोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पसे ही गीत-वाद्य वहाँ प्राप्त हो जाते हैं। उस गीतवाद्यलोकसे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है। और यदि वह स्त्री-लोककी कामनावाला होता है तो उसके संकल्पमात्रसे ही स्त्रियाँ उसके पास उपस्थित हो जाती हैं। उस स्त्री-लोकसे सम्पन्न हो वह महिमान्वित होता है। वह जिस-जिस प्रदेशकी कामना करनेवाला होता है और जिस-जिस भोगकी इच्छा करता है वह सब उसके संकल्पसे ही उसको प्राप्त हो जाता है। उससे सम्पन्न हो वह महिमाको प्राप्त होता है ॥ १–१० ॥

तृतीय खण्ड

ब्रह्मकी प्राप्तिसे सबकी प्राप्ति, ब्रह्म हृदयमें ही है

वे ये सत्यकाम अनृतके आच्छादनसे युक्त हैं। सत्य होनेपर भी अनृत उनका अपिधान (आच्छादन करनेवाला) है, क्योंकि इस प्राणीका जो-जो [सम्बन्धी] यहाँसे मरकर जाता है, वह-वह उसे फिर देखनेके लिये नहीं मिलता। तथा इस लोकमें अपने जिन जीवित अथवा जिन मृतक [पुत्रादि] को और जिन अन्य पदार्थोंको यह इच्छा करते हुए भी प्राप्त नहीं करता; उन सबको यह इस (हृदयाकाशस्थित ब्रह्म) में जाकर प्राप्त कर लेता है; क्योंकि यहाँ इसके ये सत्यकाम अनृतसे ढके हुए रहते हैं। इस विषयमें यह दृष्टान्त है—जिस प्रकार पृथिवीमें गड़े हुए सुवर्णके खजानेको उस स्थानसे अनभिज्ञ पुरुष ऊपर-ऊपर विचरते हुए भी नहीं जानते, इसी प्रकार यह सारी प्रजा नित्यप्रति ब्रह्मलोकको जाती हुई उसे नहीं पाती, क्योंकि यह अनृतके द्वारा हर ली गयी है ॥ १–२ ॥

वह यह आत्मा हृदयमें है। 'हृदि अयम्' (यह हृदयमें है) यही इसका निरुक्त (व्युत्पत्ति) है। इसीसे यह 'हृदय' है। इस प्रकार जाननेवाला पुरुष प्रतिदिन स्वर्गलोकको जाता है ॥ ३ ॥

यह जो सम्प्रसाद है, वह इस शरीरसे उत्थान कर परम ज्योतिको प्राप्त हो अपने स्वरूपसे युक्त हो जाता है। यह आत्मा है, यही अमृत एवं अभय है और यही ब्रह्म है—ऐसा आचार्यने कहा। उस इस ब्रह्मका 'सत्य' यह नाम है ॥ ४ ॥

वे ये 'सकार' 'तकार' और 'यम्' तीन अक्षर हैं। उनमें जो 'सकार' है, वह अमृत है, जो 'तकार' है, वह मर्त्य है और जो 'यम्' है, उससे वह दोनोंका नियमन करता है; क्योंकि इससे वह उन दोनोंका नियमन करता है; इसलिये 'यम्' इस प्रकार जाननेवाला प्रतिदिन ही स्वर्गलोकको जाता है ॥ ५ ॥

चतुर्थ खण्ड

आत्माकी महिमा और ब्रह्मचर्यसे ब्रह्मलोककी प्राप्ति

जो आत्मा है, वह इन लोकोंके असम्भेद (पारस्परिक असंघर्ष) के लिये इन्हें विशेषरूपसे धारण करनेवाला सेतु है। इस सेतुका दिन-रात अतिक्रमण नहीं करते। इसे न जरा, न मृत्यु, न शोक और न सुकृत या दुष्कृत ही प्राप्त हो सकते हैं। सम्पूर्ण पाप इससे निवृत्त हो जाते हैं; क्योंकि यह ब्रह्मलोक पापशून्य है। इसलिये इस सेतुको तरकर पुरुष अन्धा होनेपर भी अन्धा नहीं होता, विद्ध होनेपर भी अविद्ध होता है, उपतापी होनेपर भी अनुपतापी होता है, इसीसे इस सेतुको तरकर अन्धकाररूप रात्रि भी दिन ही हो जाती है, क्योंकि यह ब्रह्मलोक सर्वदा प्रकाशस्वरूप है। ऐसा होनेके कारण जो इस ब्रह्मलोकको ब्रह्मचर्यके द्वारा [शास्त्र एवं आचार्यके उपदेशके अनुसार] जानते हैं, उन्हींको यह ब्रह्मलोक प्राप्त होता है तथा उनकी सम्पूर्ण लोकोंमें यथेच्छगति हो जाती है ॥ १–३ ॥

पञ्चम खण्ड

ब्रह्मचर्यकी महिमा

अब [लोकमें] जिसे 'यज्ञ' (परम पुरुषार्थका साधन) कहते हैं वह ब्रह्मचर्य ही है, क्योंकि जो ज्ञाता है वह ब्रह्मचर्यके द्वारा ही उस (ब्रह्मलोक) को प्राप्त होता है। और जिसे 'इष्ट' ऐसा कहते हैं वह भी ब्रह्मचर्य ही है, क्योंकि ब्रह्मचर्यके द्वारा पूजन करके ही पुरुष आत्माको प्राप्त होता है। तथा जिसे 'सत्त्रायण' ऐसा कहा जाता है वह भी ब्रह्मचर्य ही है, क्योंकि ब्रह्मचर्यके द्वारा ही सत्—परमात्मासे अपना त्राण प्राप्त करता है। इसके सिवा जिसे 'मौन' ऐसा कहा जाता है वह भी ब्रह्मचर्य ही है; क्योंकि ब्रह्मचर्यके द्वारा ही आत्माको जानकर पुरुष मनन करता है। तथा जिसे अनाशकायन (नष्ट न होना) कहा जाता है वह भी ब्रह्मचर्य ही है, क्योंकि जिसे [साधक] ब्रह्मचर्यके द्वारा प्राप्त होता है वह यह आत्मा नष्ट नहीं होता। और जिसे अरण्यायन ऐसा कहा जाता है वह भी ब्रह्मचर्य ही है; क्योंकि इस ब्रह्मलोकमें 'अर' और 'ण्य' ये दो समुद्र हैं, यहाँसे तीसरे द्युलोकमें ऐरंमदीय सरोवर है, सोमसवन नामका अश्वत्थ है, वहाँ ब्रह्माकी अपराजिता पुरी है और प्रभुका विशेषरूपसे निर्माण किया हुआ सुवर्णमय

मण्डप है। उस ब्रह्मलोकमें जो लोग ब्रह्मचर्यके द्वारा इन 'अर' और 'ण्य' दोनों समुद्रोंको प्राप्त करते हैं उन्हींको इस ब्रह्मलोककी प्राप्ति होती है। उनकी सम्पूर्ण लोकोंमें यथेच्छ गति हो जाती है ॥ १–४ ॥

षष्ठ खण्ड

हृदयगत नाडियाँ ही उत्क्रमणका मार्ग हैं

अब ये जो हृदयकी नाडियाँ हैं वे पिंगलवर्ण सूक्ष्म रसकी हैं। वे शुक्ल, नील, पीत और लोहित रसकी हैं; क्योंकि यह आदित्य पिंगलवर्ण है, यह शुक्ल है, यह नील है, यह पीत है और यह लोहितवर्ण है। इस विषयमें यह दृष्टान्त है कि जिस प्रकार कोई विस्तीर्ण महापथ इस (समीपवर्ती) और उस (दूरवर्ती) दोनों गाँवोंको जाता है, उसी प्रकार ये सूर्यकी किरणें इस पुरुषमें और उस आदित्यमण्डलमें दोनों लोकोंमें प्रविष्ट हैं। वे निरन्तर इस आदित्यसे ही निकली हैं और इन नाडियोंमें व्याप्त हैं तथा जो इन नाडियोंसे निकलती हैं वे इस आदित्यमें व्याप्त हैं। ऐसी अवस्थामें जिस समय यह सोया हुआ—भली प्रकार लीन हुआ पुरुष सम्यक् प्रकारसे प्रसन्न होकर स्वप्न नहीं देखता, उस समय यह इन नाडियोंमें चला जाता है, तब इसे कोई पाप स्पर्श नहीं करता और यह तेजसे व्याप्त हो जाता है ॥ १–३ ॥

अब जिस समय यह जीव शरीरकी दुर्बलताको प्राप्त होता है, उस समय उसके चारों ओर बैठे हुए [बन्धुजन] कहते हैं—'क्या तुम मुझे जानते हो ? क्या तुम मुझे जानते हो ?' वह जबतक इस शरीरसे उत्क्रमण नहीं करता, तबतक उन्हें जानता है। फिर जिस समय यह इस शरीरसे उत्क्रमण करता है, उस समय इन किरणोंसे ही ऊपरकी ओर चढ़ता है। वह 'ॐ' ऐसा [कहकर आत्माका ध्यान करता हुआ] ऊर्ध्वलोक अथवा अधोलोकको जाता है। वह जितनी देरमें मन जाता है, उतनी ही देरमें आदित्यलोकमें पहुँच जाता है। यह [आदित्य] निश्चय ही लोकद्वार है। यह विद्वानोंके लिये ब्रह्मलोकप्राप्तिका द्वार है और अविद्वानोंका निरोधस्थान है। इस विषयमें यह मन्त्र है—हृदयकी एक सौ एक नाडियाँ हैं। उनमेंसे एक मस्तककी ओर निकल गयी है। उसके द्वारा ऊपरकी ओर जानेवाला जीव अमरत्वको प्राप्त होता है; शेष इधर-उधर जानेवाली नाडियाँ केवल उत्क्रमणका कारण होती हैं, उत्क्रमणका कारण होती हैं [उनसे अमरत्वकी प्राप्ति नहीं होती] ॥ ४–६ ॥

सप्तम खण्ड

इन्द्र और विरोचनको प्रजापतिका उपदेश

जो आत्मा पापशून्य, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, क्षुधारहित, पिपासारहित, सत्यकाम और सत्यसङ्कल्प है, [इन आठ स्वरूपभूत गुणोंसे युक्त है] उसे खोजना चाहिये और उसे विशेषरूपसे जाननेकी इच्छा करनी चाहिये। जो उस आत्माको शास्त्र और गुरुके उपदेशानुसार खोजकर जान लेता है, वह सम्पूर्ण लोक और समस्त कामनाओंको प्राप्त कर लेता है—ऐसा प्रजापतिने कहा। प्रजापतिके इस वाक्यको देवता और असुर दोनोंने ही परम्परासे जान लिया। वे कहने लगे—'हम उस आत्माको जानना चाहते हैं, जिसे जाननेपर जीव सम्पूर्ण लोकों और समस्त भोगोंको प्राप्त कर लेता है'—ऐसा निश्चयकर देवताओंका राजा इन्द्र और असुरोंका राजा विरोचन—ये दोनों परस्पर ईर्ष्या करते हुए हाथोंमें समिधाएँ लेकर प्रजापतिके पास आये। उन्होंने बत्तीस वर्षतक ब्रह्मचर्यवास किया। तब उनसे प्रजापतिने कहा—'तुम यहाँ किस इच्छासे रहे हो ?' उन्होंने कहा—'जो आत्मा पापरहित, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, क्षुधाहीन, तृषाहीन, सत्यकाम और सत्यसंकल्प है, उसका अन्वेषण करना चाहिये और उसे विशेषरूपसे जाननेकी इच्छा करनी चाहिये। जो उस आत्माका अन्वेषणकर उसे विशेषरूपसे जान लेता है, वह सम्पूर्ण लोक और समस्त भोगोंको प्राप्त कर लेता है—इस श्रीमान्के वाक्यको शिष्टजन बतलाते हैं। उसी आत्माको जाननेकी इच्छा करते हुए हम यहाँ रहे हैं' ॥ १–३ ॥

उनसे प्रजापतिने कहा—'यह जो पुरुष नेत्रोंमें दिखायी देता है, आत्मा है, यह अमृत है, यह अभय है, यह ब्रह्म है।' [तब उन्होंने पूछा—] 'भगवन् ! यह जो जलमें सब ओर प्रतीत होता है और जो दर्पणमें दिखायी देता है, उनमें आत्मा कौन-सा है ?' इसपर प्रजापतिने कहा—'मैंने जिस नेत्रान्तर्गत पुरुषका वर्णन किया है, वही इन सबमें सब ओर प्रतीत होता है' ॥ ४ ॥

अष्टम खण्ड

विरोचनका भ्रमपूर्ण सिद्धान्त लेकर लौट जाना

'जलपूर्ण शकोरेमें अपनेको देखकर तुम आत्माके विषयमें जो न जान सको वह मुझे बतलाओ' ऐसा [प्रजापतिने कहा।] उन्होंने जलके शकोरेमें देखा। उनसे प्रजापतिने कहा—'तुम क्या देखते हो?' उन्होंने कहा—'भगवन्! हम अपने इस समस्त आत्माको लोम और नखपर्यन्त ज्यों-का-त्यों देखते हैं।' उन दोनोंसे प्रजापतिने कहा—'तुम अच्छी तरह अलङ्कृत होकर, सुन्दर वस्त्र पहनकर और परिष्कृत होकर जलके शकोरेमें देखो।' तब उन्होंने अच्छी तरह अलङ्कृत हो, सुन्दर वस्त्र धारणकर और परिष्कृत होकर जलके शकोरेमें देखा। उनसे प्रजापतिने पूछा, 'तुम क्या देखते हो?' उन दोनोंने कहा—'भगवन्! जिस प्रकार हम दोनों उत्तम प्रकारसे अलङ्कृत, सुन्दर वस्त्र धारण किये और परिष्कृत हैं, उसी प्रकार हे भगवन्! ये दोनों भी उत्तम प्रकारसे अलङ्कृत, सुन्दर वस्त्रधारी और परिष्कृत हैं।' तब प्रजापतिने कहा—'यह आत्मा है, यह अमृत और अभय है और यही ब्रह्म है।' तब वे दोनों शान्तचित्तसे चले गये॥ १–३॥

प्रजापतिने उन्हें [दूर गया] देखकर कहा—'ये दोनों आत्माको उपलब्ध किये बिना—उसका साक्षात्कार किये बिना ही जा रहे हैं; देवता हों या असुर—जो कोई ऐसे निश्चयवाले होंगे, उन्हींका पराभव होगा।' वह जो विरोचन था, शान्तचित्तसे असुरोंके पास पहुँचा और उनको यह आत्मविद्या सुनायी—'इस लोकमें यह आत्मा (शरीर) ही पूजनीय है और शरीर ही सेवनीय है। शरीरकी ही पूजा और परिचर्या करनेवाला पुरुष इस लोक और परलोक दोनों लोकोंको प्राप्त कर लेता है।' इसीसे इस लोकमें जो दान न देनेवाला, श्रद्धा न करनेवाला और यजन न करनेवाला पुरुष होता है, उसे शिष्टजन 'अरे! यह तो आसुर (आसुरीस्वभाववाला) ही है' ऐसा कहते हैं। यह उपनिषद् असुरोंकी ही है। वे ही मृतक पुरुषके शरीरको भिक्षा [गन्ध-पुष्प-अन्नादि], वस्त्र और अलङ्कारसे सुसज्जित करते हैं और इसके द्वारा हम परलोक प्राप्त करेंगे—ऐसा मानते हैं।४-५॥

नवम खण्ड

इन्द्रका प्रजापतिके पास पुनः आगमन और प्रश्न

किन्तु इन्द्रको देवताओंके पास बिना पहुँचे ही यह भय दिखायी दिया। जिस प्रकार इस शरीरके अच्छी प्रकार अलङ्कृत होनेपर यह (छायात्मा) अच्छी तरह अलङ्कृत होता है, सुन्दर वस्त्रधारी होनेपर सुन्दर वस्त्रधारी होता है और परिष्कृत होनेपर परिष्कृत होता है, उसी प्रकार इसके अन्धे होनेपर अन्धा हो जाता है, स्याम होनेपर स्याम हो जाता है और खण्डित होनेपर खण्डित हो जाता है तथा इस शरीरका नाश होनेपर यह भी नष्ट हो जाता है। 'इस [छायात्मदर्शन] में मैं कोई भोग्य नहीं देखता।' इसलिये इन्द्र समित्पाणि होकर फिर प्रजापतिके पास आये। उनसे प्रजापतिने कहा—'इन्द्र! तुम तो विरोचनके साथ शान्तचित्त होकर गये थे, अब किस इच्छासे पुनः आये हो?' उन्होंने कहा—'भगवन्! जिस प्रकार यह (छायात्मा) इस शरीरके अच्छी तरह अलङ्कृत होनेपर अच्छी तरह अलङ्कृत होता है, सुन्दर वस्त्रधारी होनेपर सुन्दर वस्त्रधारी होता है और परिष्कृत होनेपर परिष्कृत हो जाता है, उसी प्रकार इसके अन्धे होनेपर अन्धा, स्याम होनेपर स्याम और खण्डित होनेपर खण्डित भी हो जाता है तथा इस शरीरका नाश होनेपर यह नष्ट भी हो जाता है, मुझे इसमें कोई फल दिखायी नहीं देता'॥ १–२॥

'हे इन्द्र! यह बात ऐसी ही है' ऐसा प्रजापतिने कहा, 'मैं तुम्हारे प्रति इसकी पुनः व्याख्या करूँगा। अब तुम बत्तीस वर्ष यहाँ और रहो।' इन्द्रने वहाँ बत्तीस वर्ष और [ब्रह्मचर्यसे] निवास किया। तब प्रजापतिने उससे कहा॥ ३॥

दशम खण्ड

स्वप्नके दृष्टान्तसे आत्माके स्वरूपका कथन

'जो यह स्वप्नमें पूजित होता हुआ विचरता है, यह आत्मा है' ऐसा प्रजापतिने कहा 'यह अमृत है, अभय है और यही ब्रह्म है।' ऐसा सुनकर वे (इन्द्र) शान्तहृदयसे चले गये। किन्तु देवताओंके पास बिना पहुँचे ही उन्हें यह भय दिखायी दिया 'यद्यपि यह शरीर अन्धा होता है तो भी वह (स्वप्नशरीर) अनन्ध होता है, और यदि यह स्याम होता है तो भी वह अस्याम होता है। इस प्रकार यह इसके दोषसे दूषित नहीं होता। यह इस देहके वधसे नष्ट भी नहीं होता

और न इसकी रुग्णतासे रुग्ण होता है। किन्तु इसे मानो कोई मारता हो, कोई ताडित करता हो, यह मानो अप्रियका अनुभव करता हो और रुदन करता हो—ऐसा हो जाता है; अतः इसमें (इस प्रकारके आत्मदर्शनमें) मैं कोई फल नहीं देखता' ॥१-२॥

[अतः] वे समित्पाणि होकर फिर [प्रजापतिके पास] आये। उनसे प्रजापतिने कहा—'इन्द्र! तुम तो शान्तचित्त होकर गये थे, अब किस इच्छासे पुनः आये हो?' उन्होंने कहा—'भगवन्! यद्यपि यह शरीर अन्धा होता है तो भी वह (स्वप्नशरीर) अनन्ध रहता है और यह रुग्ण होता है तो भी वह नीरोग रहता है; इस प्रकार वह इसके दोषसे दूषित नहीं होता। न इसके वधसे उसका वध होता है और न इसकी रुग्णतासे वह रुग्ण होता है; किन्तु उसे मानो कोई मारते हों, कोई ताडित करते हों और [उसके कारण] मानो वह अप्रियका अनुभव करता हो और रुदन करता हो—[ऐसा अनुभव होनेके कारण] इसमें मैं कोई फल नहीं देखता।' तब प्रजापतिने कहा—'इन्द्र! यह बात ऐसी ही है; मैं तुम्हारे इस (आत्मतत्त्व) की पुनः व्याख्या करूँगा, तुम बत्तीस वर्ष और ब्रह्मचर्यवास करो।' इन्द्रने वहाँ बत्तीस वर्ष और निवास किया; तब उनसे प्रजापतिने कहा—॥ ३-४ ॥

एकादश खण्ड

इन्द्र एक सौ एक वर्षके ब्रह्मचर्यके बाद उपदेशके अधिकारी हुए

'जिस अवस्थामें यह सोया हुआ दर्शनवृत्तिसे रहित और सम्यक्‌रूपसे आनन्दित हो स्वप्नका अनुभव नहीं करता, वह आत्मा है'—ऐसा प्रजापतिने कहा 'यह अमृत है, यह अभय है और यही ब्रह्म है।' यह सुनकर इन्द्र शान्तचित्तसे चले गये; किन्तु देवताओंके पास पहुँचे बिना ही उन्हें यह भय दिखायी दिया—"उस अवस्थामें तो इसे निश्चय ही यह भी ज्ञान नहीं होता कि 'यह मैं हूँ' और न यह इन अन्य भूतोंको ही जानता है; उस समय तो यह मानो विनाशको प्राप्त हो जाता है। इसमें मुझे इष्टफल दिखायी नहीं देता" वे समित्पाणि होकर पुनः प्रजापतिके पास आये। उनसे प्रजापतिने कहा—'इन्द्र! तुम तो शान्तचित्तसे गये थे, अब किस इच्छासे तुम्हारा पुनः आगमन हुआ है।' इन्द्रने कहा—'भगवन्! इस अवस्थामें तो निश्चय ही इसे यह भी ज्ञान नहीं होता कि 'यह मैं हूँ' और न यह इन अन्य भूतोंको ही जानता है, यह मानो विनाशको प्राप्त हो जाता है। इसमें मुझे इष्टफल दिखायी नहीं देता।' 'हे इन्द्र! यह बात ऐसी ही है'—ऐसा प्रजापतिने कहा 'मैं तुम्हारे प्रति इसकी पुनः व्याख्या करूँगा। आत्मा इससे भिन्न नहीं है। अभी पाँच वर्ष और ब्रह्मचर्यवास करो।' उन्होंने पाँच वर्ष और वहीं निवास किया। ये सब मिलाकर एक सौ एक वर्ष हो गये। इसीसे ऐसा कहते हैं कि इन्द्रने प्रजापतिके यहाँ एक सौ एक वर्ष ब्रह्मचर्यवास [करके अधिकार प्राप्त] किया। तब उनसे प्रजापतिने कहा—॥ १-३ ॥

द्वादश खण्ड

इन्द्रके प्रति प्रजापतिका उपदेश

दृष्टान्त है—जिस प्रकार समस्त जलोंका समुद्र एक अयन (आश्रय-स्थान) है, इसी प्रकार समस्त स्पर्शोंका त्वचा एक अयन है, इसी प्रकार समस्त गन्धोंका दोनों नासिकाएँ एक अयन है, इसी प्रकार समस्त रसोंका जिह्वा एक अयन है, इसी प्रकार समस्त रूपोंका चक्षु एक अयन है, इसी प्रकार समस्त शब्दोंका श्रोत्र एक अयन है, इसी प्रकार समस्त संकल्पोंका मन एक अयन है, इसी प्रकार समस्त विद्याओंका हृदय एक अयन है, इसी प्रकार समस्त कर्मोंका हस्त एक अयन है, इसी प्रकार समस्त आनन्दोंका उपस्थ एक अयन है और इसी प्रकार समस्त विसर्गोंका पायु एक अयन है, इसी प्रकार समस्त मार्गोंका चरण एक अयन है और इसी प्रकार समस्त वेदोंका वाणी एक अयन है ॥ ११ ॥

इसमें यह दृष्टान्त है—जिस प्रकार जलमें डाला हुआ नमकका डला जलमें ही घुल-मिल जाता है, उसे जलसे निकालनेके लिये कोई समर्थ नहीं होता तथा जहाँ-जहाँसे भी जल लिया जाय वह नमकीन ही जान पड़ता है, हे मैत्रेयि ! उसी प्रकार यह परमात्म-तत्त्व अनन्त, अपार और विज्ञानघन ही है। यह इन [सत्यशब्दवाच्य] भूतोंसे प्रकट होकर उन्हींके

साथ अदृश्य हो जाता है; देहेन्द्रियभावसे मुक्त होनेपर इसकी कोई विशेष संज्ञा नहीं रहती। हे मैत्रेयि! ऐसा मैं तुझसे कहता हूँ'—ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा ॥ १२ ॥

उस मैत्रेयीने कहा, 'शरीरपातके अनन्तर कोई संज्ञा नहीं रहती—ऐसा कहकर ही श्रीमान्‌ने मुझे मोहमें डाल दिया है।' याज्ञवल्क्यने कहा, 'हे मैत्रेयि! मैं मोहका उपदेश नहीं कर रहा हूँ, अरी! यह तो उस परमात्माका विज्ञान करानेके लिये पर्याप्त है' ॥ १३ ॥

जहाँ (अविद्यावस्थामें) द्वैत-सा होता है, वहीं अन्य अन्यको सूँघता है, अन्य अन्यको देखता है, अन्य अन्यको सुनता है, अन्य अन्यका अभिवादन करता है, अन्य अन्यका मनन करता है तथा अन्य अन्यको जानता है; किंतु जहाँ इसके लिये सब आत्मा ही हो गया है, वहाँ किसके द्वारा किसे सूँघे, किसके द्वारा किसे देखे, किसके द्वारा किसे सुने, किसके द्वारा किसका अभिवादन करे, किसके द्वारा किसका मनन करे और किसके द्वारा किसे जाने? जिसके द्वारा इस सबको जानता है, उसे किसके द्वारा जाने? अरी मैत्रेयि! विज्ञाताको किसके द्वारा जाने? ॥ १४ ॥

पञ्चम ब्राह्मण

मधुविद्याका उपदेश; आत्माका विविध रूपोंमें वर्णन

यह पृथिवी समस्त भूतोंका मधु है और सब भूत इस पृथिवीके मधु हैं। इस पृथिवीमें जो यह तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्मशारीर तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। ये जल समस्त भूतोंके मधु हैं और समस्त भूत इन जलोंके मधु हैं। इन जलोंमें जो यह तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म रैतस तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह अग्नि समस्त भूतोंका मधु है और समस्त भूत इस अग्निके मधु हैं। इस अग्निमें जो यह तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म वाङ्मय तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह वायु समस्त भूतोंका मधु है और समस्त भूत इस वायुके मधु हैं। इस वायुमें जो यह तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्मप्राणरूप तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे कहा गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह आदित्य समस्त भूतोंका मधु है तथा समस्त भूत इस आदित्यके मधु हैं। यह जो इस आदित्यमें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म चाक्षुष तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे कहा गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। ये दिशाएँ समस्त भूतोंका मधु हैं तथा समस्त भूत इन दिशाओंके मधु हैं। यह जो इन दिशाओंमें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म श्रोत्रसम्बन्धी प्रातिश्रुत्क (प्रत्येक श्रवणवेलामें रहनेवाला) तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह चन्द्रमा समस्त भूतोंका मधु है और समस्त भूत इस चन्द्रमाके मधु हैं। यह जो इस चन्द्रमामें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म मनःसम्बन्धी तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह विद्युत् समस्त भूतोंका मधु है और समस्त भूत इस विद्युत्‌के मधु हैं। यह जो इस विद्युत्‌में तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म तैजस तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह मेघ समस्त भूतोंका मधु है तथा समस्त भूत इस मेघके मधु हैं। यह जो इस मेघमें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म शब्द एवं स्वरसम्बन्धी तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह आकाश समस्त भूतोंका मधु है तथा समस्त भूत इस आकाशके मधु हैं। यह जो इस आकाशमें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म-हृदयाकाशरूप तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है] यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह धर्म समस्त

भूतोंका मधु है तथा समस्त भूत इस धर्मके मधु हैं। इस धर्ममें जो यह तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म-धर्मसम्बन्धी तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे कहा गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह सत्य समस्त भूतोंका मधु है और समस्त भूत इस सत्यके मधु हैं। यह जो इस सत्यमें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म-सत्यसम्बन्धी तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह मनुष्यजाति समस्त भूतोंका मधु है और समस्त भूत इस मनुष्यजातिके मधु हैं। यह जो इस मनुष्यजातिमें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह अध्यात्म-मानुष तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस श्रुतिद्वारा बतलाया गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। यह आत्मा (देह) समस्त भूतोंका मधु है तथा समस्त भूत इस आत्माके मधु हैं। यह जो इस आत्मामें तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो यह आत्मा तेजोमय अमृतमय पुरुष है, यही वह है जो कि 'यह आत्मा है' [इस वाक्यसे कहा गया है]। यह अमृत है, यह ब्रह्म है, यह सर्व है। वह यह आत्मा समस्त भूतोंका अधिपति एवं समस्त भूतोंका राजा है। इस विषयमें दृष्टान्त—जिस प्रकार रथकी नाभि और रथकी नेमिमें सारे अरे समर्पित रहते हैं, इसी प्रकार इस परमात्मामें समस्त भूत, समस्त देव, समस्त लोक, समस्त जीवन और ये सभी आत्माएँ समर्पित हैं [सभी उस परमात्मासे जुड़े हुए और उसीके सहारे स्थित हैं।] ॥ १—१५ ॥

इस पूर्वोक्त मधुको दध्यङ्ङाथर्वण ऋषिने अश्विनीकुमारोंसे कहा था। इस मधुको देखते हुए ऋषि (मन्त्र) ने कहा—मेघ जिस प्रकार वृष्टि करता है, उसी प्रकार हे नराकार अश्विनीकुमारो ! मैं लाभके लिये किये हुए तुम दोनोंका वह उग्र दंस कर्म प्रकट किये देता हूँ, जिस मधुका दध्यङ्ङाथर्वण ऋषिने तुम्हारे प्रति अश्वके सिरसे वर्णन किया था ॥ १६ ॥

उस इस मधुका दध्यङ्ङाथर्वणने अश्विनीकुमारोंको उपदेश किया। इसे देखते हुए ऋषि (मन्त्रद्रष्टा) ने कहा है—हे अश्विनीकुमारो ! तुम दोनों आथर्वण दध्यङ्के लिये घोड़ेका सिर लाये। उसने सत्यपालन करते हुए तुम्हें त्वाष्ट्र (सूर्यसम्बन्धी) मधुका उपदेश किया तथा हे शत्रुहिंसक ! जो [आत्मज्ञानसम्बन्धी] गोपनीय मधु था [वह भी तुमसे कहा] ॥ १७ ॥

इस पूर्वोक्त मधुका दध्यङ्ङाथर्वणने अश्विनीकुमारोंको उपदेश किया। इसे देखते हुए ऋषिने कहा—परमात्माने दो पैरोंवाले शरीर बनाये और चार पैरोंवाले शरीर बनाये। पहले वह पुरुष—परमात्मा पक्षी होकर शरीरोंमें प्रविष्ट हो गया। वह यह पुरुष समस्त पुरों (शरीरों) में पुरिशय है। ऐसा कुछ भी नहीं है, जो परमात्मासे न ढका हो तथा ऐसा भी कुछ नहीं है, जिसमें परमात्माका प्रवेश न हुआ हो—जो उससे व्याप्त न हो ॥ १८ ॥

इस पूर्वोक्त मधुका दध्यङ्ङाथर्वणने अश्विनीकुमारोंको उपदेश किया। यह देखते हुए ऋषिने कहा—वह रूप-रूपके प्रतिरूप हो गया। इसका वह रूप प्रतिख्यापन (प्रकट) करनेके लिये है। ईश्वर मायासे अनेकरूप प्रतीत होता है। [शरीररूप रथमें जोड़े हुए] इसके घोड़े सौ (नाड़ियाँ) और दस (इन्द्रियाँ) हैं। यह (परमेश्वर) ही हरि (इन्द्रिय-रूप अश्व) है; यही दस, सहस्र, अनेक और अनन्त है। वह यह ब्रह्म अपूर्व (कारणरहित), अनपर (कार्यरहित), अनन्तर (विजातीय द्रव्यसे रहित) और अबाह्य है। यह आत्मा ही सबका अनुभव करनेवाला ब्रह्म है। यही समस्त वेदान्तोंका अनुशासन (उपदेश) है ॥ १९ ॥

षष्ठ ब्राह्मण

मधुविद्याकी परम्पराका वर्णन

अब [मधुकाण्डका] वंश बतलाया जाता है—पौतिमाष्यने गौपवनसे, गौपवनने पौतिमाष्यसे, पौतिमाष्यने गौपवनसे, गौपवनने कौशिकसे, कौशिकने कौण्डिन्यसे, कौण्डिन्यने शाण्डिल्यसे, शाण्डिल्यने कौशिकसे और गौतमसे, गौतमने आग्निवेश्यसे, आग्निवेश्यने शाण्डिल्यसे और आनभिम्लातसे, आनभिम्लातने आनभिम्लातसे, आनभिम्लातने आनभिम्लातसे, आनभिम्लातने गौतमसे, गौतमने सैतव और प्राचीनयोग्यसे, सैतव और प्राचीनयोग्यने पाराशर्यसे, पाराशर्यने

भारद्वाजसे, भारद्वाजने भारद्वाजसे और गौतमसे, गौतमने भारद्वाजसे, भारद्वाजने पाराशर्यसे, पाराशर्यने बैजवापायनसे, बैजवापायनने कौशिकायनिसे, कौशिकायनिने घृतकौशिकसे, घृतकौशिकने पाराशर्यायणसे, पाराशर्यायणने पाराशर्यसे, पाराशर्यने जातूकर्ण्यसे, जातूकर्ण्यने आसुरायणसे और यास्कसे, आसुरायणने त्रैवणिसे, त्रैवणिने औपजन्धनिसे, औपजन्धनिने आसुरिसे, आसुरिने भारद्वाजसे, भारद्वाजने आत्रेयसे, आत्रेयने माण्टिसे, माण्टिने गौतमसे, गौतमने गौतमसे, गौतमने वात्स्यसे, वात्स्यने शाण्डिल्यसे, शाण्डिल्यने कैशोर्य काप्यसे, कैशोर्य काप्यने कुमारहारितसे, कुमारहारितने गालवसे, गालवने विदर्भीकौण्डिन्यसे, विदर्भीकौण्डिन्यने वत्सनपात् बाभ्रवसे, वत्सनपात् बाभ्रवने पन्था सौभरसे, पन्था सौभरने अयास्य आङ्गिरससे, अयास्य आङ्गिरसने आभूति त्वाष्ट्रसे, आभूति त्वाष्ट्रने विश्वरूप त्वाष्ट्रसे, विश्वरूप त्वाष्ट्रने अश्विनीकुमारोंसे, अश्विनीकुमारोंने दध्यङ्ङाथर्वणसे, दध्यङ्ङाथर्वणने अथर्वा दैवसे, अथर्वा दैवने प्राध्वंसन-मृत्युसे, प्राध्वंसन-मृत्युने प्रध्वंसनसे, प्रध्वंसनने एकर्षिसे, एकर्षिने विप्रचित्तिसे, विप्रचित्तिने व्यष्टिसे, व्यष्टिने सनारुसे, सनारुने सनातनसे, सनातनने सनगसे, सनगने परमेष्ठीसे और परमेष्ठीने ब्रह्मासे [इसे प्राप्त किया] । ब्रह्मा स्वयम्भू—है, ब्रह्माको नमस्कार है ॥ १—३ ॥

॥ द्वितीय अध्याय समाप्त ॥ २ ॥

ॐ

तृतीय अध्याय

प्रथम ब्राह्मण

जनकके यज्ञमें याज्ञवल्क्य और अश्वलका संवाद

विदेहदेशमें रहनेवाले राजा जनकने एक बड़ी दक्षिणावाले यज्ञद्वारा यजन किया। उसमें कुरु और पाञ्चाल देशोंके ब्राह्मण एकत्रित हुए। उस राजा जनकको यह जाननेकी इच्छा हुई कि 'इन ब्राह्मणोंमें अनुवचन (प्रवचन) करनेमें सबसे बढ़कर कौन है?' इसलिये उसने एक सहस्र गौएँ गोशालामें रोक लीं। उनमेंसे प्रत्येकके सींगोंमें दस-दस पाद सुवर्ण बँधे हुए थे॥ १॥

उसने उनसे कहा—'पूज्य ब्राह्मणगण! आपमें जो ब्रह्मनिष्ठ हो, वह इन गौओंको ले जाय।' किंतु उन ब्राह्मणोंका साहस न हुआ। तब याज्ञवल्क्यने अपने ही ब्रह्मचारीसे कहा, 'हे सोम्य सामश्रवा! तू इन्हें ले जा।' तब वह उन्हें ले चला। इससे वे ब्राह्मण 'यह हम सबमें अपनेको ब्रह्मनिष्ठ कैसे कहता है' इस प्रकार कहते हुए क्रुद्ध हो गये। विदेहराज जनकका होता अश्वल था, उसने याज्ञवल्क्यसे पूछा, 'याज्ञवल्क्य! हम सबमें क्या तुम ही ब्रह्मनिष्ठ हो?' उसने कहा, 'ब्रह्मनिष्ठको तो हम नमस्कार करते हैं, हम तो गौओंकी ही इच्छावाले हैं।' इसीसे होता अश्वलने उससे प्रश्न करनेका निश्चय किया॥ २॥

'याज्ञवल्क्य!' ऐसा अश्वलने कहा, 'यह सब जो मृत्युसे व्याप्त है, मृत्युद्वारा स्वाधीन किया हुआ है, उस मृत्युकी व्याप्तिका यजमान किस साधनसे अतिक्रमण करता है?' [इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—] 'वह यजमान होता ऋत्विक्‌रूप अग्निसे और वाक्‌से उसका अतिक्रमण कर सकता है। वाक् ही यज्ञका होता है; यह जो वाक् है, वही यह अग्नि है; वह होता है, वह मुक्ति है और वही अतिमुक्ति है'॥ ३॥

'याज्ञवल्क्य!' ऐसा अश्वलने कहा, 'यह जो कुछ है, सब दिन और रात्रिसे व्याप्त है, सब दिन और रात्रिके अधीन है। तब किस साधनके द्वारा यजमान दिन और रात्रिकी व्याप्तिका अतिक्रमण कर सकता है?' [इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—] 'अध्वर्यु ऋत्विक् और चक्षुरूप आदित्यके द्वारा। अध्वर्यु यज्ञका चक्षु ही है। अतः यह जो चक्षु है, वह यह आदित्य है और वह अध्वर्यु है, वह मुक्ति है और वही अतिमुक्ति है'॥ ४॥

'याज्ञवल्क्य!' ऐसा अश्वलने कहा, 'यह जो कुछ है, सब पूर्वपक्ष और अपरपक्षसे व्याप्त है; सब पूर्वपक्ष और अपरपक्षद्वारा वशमें किया हुआ है। किस उपायसे यजमान पूर्वपक्ष और अपरपक्षकी व्याप्तिसे पार होकर मुक्त होता है?' [इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—] 'उद्गाता-ऋत्विक्‌से और वायुरूप प्राणसे; क्योंकि उद्गाता यज्ञका प्राण ही है। तथा यह जो प्राण है, वही वायु है, वही उद्गाता है, वही मुक्ति है और वही अतिमुक्ति है'॥ ५॥

'याज्ञवल्क्य!' ऐसा अश्वलने कहा, 'यह जो अन्तरिक्ष है, वह निरालम्ब-सा है। अतः यजमान किस आलम्बनसे स्वर्गलोकमें चढ़ता है?' [इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—] 'ब्रह्मा-ऋत्विजके द्वारा और मनरूप चन्द्रमासे। ब्रह्मा यज्ञका मन ही है। और यह जो मन है; वही यह चन्द्रमा है, वह ब्रह्मा है, वह मुक्ति है और वही अतिमुक्ति है।' इस प्रकार अतिमोक्षोंका वर्णन हुआ, अब सम्पदोंका निरूपण किया जाता है॥ ६॥

'याज्ञवल्क्य!' ऐसा अश्वलने कहा, 'आज कितनी ऋचाओंके द्वारा होता इस यज्ञमें शस्त्र-शंसन करेगा?' [याज्ञवल्क्यने कहा—] 'तीनके द्वारा।' [अश्वल—] 'वे तीन कौन-सी हैं?' [याज्ञवल्क्य—] 'पुरोनुवाक्या, याज्या और तीसरी शस्या।' [अश्वल—] 'इनसे यजमान किसको जीतता है?' [याज्ञवल्क्य—] 'यह जितना भी प्राणिसमुदाय है [उस सबको जीत लेता है]'॥ ७॥

'याज्ञवल्क्य!' ऐसा अश्वलने कहा, 'आज इस यज्ञमें यह अध्वर्यु कितनी आहुतियाँ होम करेगा?' [याज्ञवल्क्य—] 'तीन।' [अश्वल—] 'वे तीन कौन-कौन-सी हैं?' [याज्ञवल्क्य—] 'जो होम की जानेपर प्रज्वलित होती हैं, जो होम की जानेपर अत्यन्त शब्द करती हैं और जो होम की जानेपर पृथ्वीके ऊपर लीन हो जाती हैं।' [अश्वल—] 'इनके द्वारा यजमान किसको जीतता है?' [याज्ञवल्क्य—] 'जो होम की जानेपर प्रज्वलित होती हैं, उनसे यजमान देवलोकको ही जीत लेता है, क्योंकि देवलोक मानो देदीप्यमान हो रहा है। जो होम की जानेपर अत्यन्त शब्द करती हैं, उनसे वह पितृलोकको ही जीत लेता है; क्योंकि पितृलोक मानो अत्यन्त

ब्रह्मचारियोंको याज्ञवल्क्यका आदेश

शब्द करनेवाला है । जो होम की जानेपर पृथ्वीपर लीन हो जाती हैं, उनसे मनुष्यलोकको ही जीतता है; क्योंकि मनुष्यलोक अधोवर्ती-सा है' ॥ ८ ॥

'याज्ञवल्क्य !' ऐसा अश्वलने कहा, 'आज यह ब्रह्मा यज्ञमें दक्षिणकी ओर बैठकर कितने देवताओंद्वारा यज्ञकी रक्षा करता है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'एकके द्वारा ।' [अश्वल—] 'वह एक देवता कौन है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'वह मन ही है । मन अनन्त है और विश्वेदेव भी अनन्त हैं; अतः उस मनसे यजमान अनन्त लोकको जीत लेता है' ॥ ९ ॥

'याज्ञवल्क्य !' ऐसा अश्वलने कहा, 'आज इस यज्ञमें उद्गाता कितनी स्तोत्रिया ऋचाओंका स्तवन करेगा ?' [याज्ञवल्क्य—] 'तीनका ।' [अश्वल—] 'वे तीन कौन-सी हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'पुरोनुवाक्या, याज्या और तीसरी शस्या ।' [अश्वल—] 'इनमें जो शरीरान्तर्वर्ती हैं, वे कौन-सी हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'प्राण ही पुरोनुवाक्या है; अपान याज्या है और व्यान शस्या है ।' [अश्वल—] 'इनसे यजमान किनपर जय प्राप्त करता है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'पुरोनुवाक्यासे पृथिवीलोकपर ही जय प्राप्त करता है; तथा याज्यासे अन्तरिक्ष-लोकपर और शस्यासे द्युलोकपर विजय प्राप्त करता है ।' इसके पश्चात् होता अश्वल चुप हो गया ॥ १० ॥

द्वितीय ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य और आर्तभागका संवाद

फिर उस (याज्ञवल्क्य) से जारत्कारव आर्तभागने पूछा; वह बोला; 'याज्ञवल्क्य ! ग्रह कितने हैं और अतिग्रह कितने हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'आठ ग्रह हैं और आठ अतिग्रह हैं ।' [आर्तभाग—] 'वे जो आठ ग्रह और आठ अतिग्रह हैं, वे कौन-से हैं ?' ॥ १ ॥

प्राण ही ग्रह है, वह अपानरूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी अपानसे ही गन्धोंको सूँघता है । वाक् ही ग्रह है, वह नामरूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी वाक्से ही नामोंका उच्चारण करता है । जिह्वा ही ग्रह है, वह रसरूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी जिह्वासे ही रसोंको विशेष-रूपसे जानता है । चक्षु ही ग्रह है, वह रूप-रूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी चक्षुसे ही रूपोंको देखता है । श्रोत्र ही ग्रह है, वह शब्दरूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी श्रोत्रसे ही शब्दोंको सुनता है । मन ही ग्रह है, वह कामरूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी मनसे ही कामोंकी कामना करता है । हस्त ही ग्रह हैं, वे कर्मरूप अतिग्रहसे गृहीत हैं; क्योंकि प्राणी हस्तसे ही कर्म करता है । त्वचा ही ग्रह है, वह स्पर्शरूप अतिग्रहसे गृहीत है; क्योंकि प्राणी त्वचासे ही स्पर्शोंको जानता है । इस प्रकार ये आठ ग्रह हैं और आठ अतिग्रह हैं ॥ २–९ ॥

'याज्ञवल्क्य !' ऐसा आर्तभागने कहा, 'यह जो कुछ है सब मृत्युका खाद्य है; सो वह देवता कौन है, जिसका खाद्य मृत्यु है ?' [इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—] 'अग्नि ही मृत्यु है, वह जलका खाद्य है । [इस प्रकारके ज्ञानसे] पुनर्मृत्युका पराजय होता है' ॥ १० ॥

'याज्ञवल्क्य !' ऐसा आर्तभागने कहा, 'जिस समय यह मनुष्य मरता है, उस समय इसके प्राणोंका उत्क्रमण होता है या नहीं ?' 'नहीं, नहीं' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा, 'वे यहाँ ही लीन हो जाते हैं । वह फूल जाता है अर्थात् वायुको भीतर खींचता है और वायुसे पूर्ण हुआ ही मृत होकर पड़ा रहता है' ॥ ११ ॥

'याज्ञवल्क्य !' ऐसा आर्तभागने कहा, 'जिस समय यह पुरुष मरता है, उस समय इसे क्या नहीं छोड़ता ?' [याज्ञवल्क्य—] 'नाम नहीं छोड़ता, नाम अनन्त ही हैं, विश्वेदेव भी अनन्त ही हैं; इस आनन्त्यदर्शनके द्वारा वह अनन्त लोकको ही जीत लेता है' ॥ १२ ॥

'याज्ञवल्क्य !' ऐसा आर्तभागने कहा, 'जिस समय इस मृतपुरुषकी वाणी अग्निमें लीन हो जाती है तथा प्राण वायुमें, चक्षु आदित्यमें, मन चन्द्रमामें, श्रोत्र दिशामें, शरीर पृथिवीमें, हृदयाकाश भूताकाशमें, रोम ओषधियोंमें और केश वनस्पतियोंमें लीन हो जाते हैं तथा रक्त और वीर्य जलमें स्थापित हो जाते हैं, उस समय यह पुरुष कहाँ रहता है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'प्रियदर्शन आर्तभाग ! तू मुझे अपना हाथ पकड़ा, हम दोनों ही इस प्रश्नका उत्तर जानेंगे; यह प्रश्न जनसमुदायमें होने योग्य नहीं है ।' तब उन दोनोंने उठकर [एकान्तमें] विचार किया । उन्होंने जो कुछ कहा, वह कर्म ही कहा, तथा जिसकी प्रशंसा की, वह कर्मकी ही प्रशंसा की । वह यह कि पुरुष पुण्यकर्मसे पुण्यवान् होता है और पापकर्मसे पापी होता है । इसके पीछे जारत्कारव आर्तभाग चुप हो गया ॥ १३ ॥

तृतीय ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य और लाह्यायनि भुज्युका संवाद

फिर इस याज्ञवल्क्यसे लाह्यायनि भुज्युने पूछा; वह बोला, 'याज्ञवल्क्य ! हम व्रताचरण करते हुए मद्रदेशमें विचर रहे थे कि कपिगोत्रोत्पन्न पतञ्चलके घर पहुँचे। उसकी पुत्री गन्धर्वसे गृहीत थी। (अर्थात् उसपर गन्धर्वका आवेश था) हमने उससे पूछा, 'तू कौन है ?' वह बोला, 'आङ्गिरस सुधन्वा हूँ।' जब उससे लोकोंके अन्तके विषयमें पूछा तो हमने उससे यों कहा, 'पारिक्षित कहाँ रहे ? पारिक्षित कहाँ रहे ?' सो हम तुमसे पूछते हैं कि 'पारिक्षित कहाँ रहे ?' ॥१॥

उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'उस गन्धर्वने निश्चय यह कहा था कि वे वहाँ चले गये, जहाँ अश्वमेध यज्ञ करनेवाले जाते हैं।' [भुज्यु—] 'अच्छा तो, अश्वमेधयाजी कहाँ जाते हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'यह लोक बत्तीस देवरथाह्न्य* है। उसे चारों ओरसे दूनी पृथिवी घेरे हुए है। उस पृथिवीको सब ओरसे दूना समुद्र घेरे हुए है। सो जितनी पतली छुरेकी धार होती है, अथवा जितना सूक्ष्म मक्खीका पंख होता है, उतना उन अण्डकपालोंके मध्यमें आकाश है। इन्द्र (चित्य अग्नि) ने पक्षी होकर उन पारिक्षितोंको वायुको दिया। उन्हें वायु अपने स्वरूपमें स्थापितकर वहाँ ले गया, जहाँ अश्वमेधयाजी रहते हैं; इस प्रकार उस गन्धर्वने वायुकी ही प्रशंसा की थी। अतः वायु ही व्यष्टि है और वायु ही समष्टि है। जो ऐसा जानता है, वह पुनर्मृत्युको जीत लेता है।' तब लाह्यायनि भुज्यु चुप हो गया ॥ २ ॥

चतुर्थ ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य और चाक्रायण उषस्तका संवाद

फिर उस याज्ञवल्क्यसे चाक्रायण उषस्तने पूछा; वह बोला, 'याज्ञवल्क्य ! जो साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म और सर्वान्तर आत्मा है, उसकी मेरे प्रति व्याख्या करो।' [याज्ञवल्क्य—] 'यह तेरा आत्मा ही सर्वान्तर है।' [उषस्त—] 'याज्ञवल्क्य ! वह सर्वान्तर कौन-सा है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'जो प्राणसे प्राणक्रिया करता है, वह तेरा आत्मा सर्वान्तर है; जो अपानसे अपान-क्रिया करता है, वह तेरा आत्मा सर्वान्तर है; जो व्यानसे व्यानक्रिया करता है, वह तेरा आत्मा सर्वान्तर है; जो उदानसे उदानक्रिया करता है, वह तेरा आत्मा सर्वान्तर है। यह तेरा आत्मा सर्वान्तर है' ॥ १ ॥

उस चाक्रायण उषस्तने कहा, 'जिस प्रकार कोई [चलना और दौड़ना दिखाकर] कहे कि यह (चलनेवाला) बैल है, यह (दौड़नेवाला) घोड़ा है, उसी प्रकार तुम्हारा यह कथन है; अतः जो भी साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म और सर्वान्तर आत्मा है, उसे तुम स्पष्टतया बतलाओ।' [याज्ञवल्क्य—] 'यह तेरा आत्मा सर्वान्तर है।' [उषस्त—] 'हे याज्ञवल्क्य ! वह सर्वान्तर कौन-सा है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'तुम दृष्टिके द्रष्टाको नहीं देख सकते, श्रुतिके श्रोताको नहीं सुन सकते, मतिके मन्ताका मनन नहीं कर सकते, विज्ञातिके विज्ञाताको नहीं जान सकते। तुम्हारा यह आत्मा सर्वान्तर है, इससे भिन्न आर्त (नाशवान्) है।' इसके पश्चात् चाक्रायण उषस्त चुप हो गया ॥ २ ॥

पञ्चम ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य और कहोलका संवाद; ब्रह्म और आत्माकी व्याख्या

फिर इस याज्ञवल्क्यसे कौषीतकेय कहोलने पूछा; उसने 'याज्ञवल्क्य !' इस प्रकार सम्बोधित करके कहा—'जो भी साक्षात् अपरोक्ष ब्रह्म और सर्वान्तर आत्मा है, उसकी तुम मेरे प्रति व्याख्या करो।' [यह सुनकर याज्ञवल्क्यने कहा—] 'यह तुम्हारा आत्मा सर्वान्तर है।' [कहोल—] 'याज्ञवल्क्य ! वह सर्वान्तर कौन-सा है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'जो क्षुधा, पिपासा, शोक, मोह, जरा और मृत्युसे परे है, उस पूर्वोक्त आत्माको ही जानकर ब्राह्मण पुत्रैषणा, वित्तैषणा और लोकैषणासे अलग हटकर भिक्षाचर्यासे विचरते हैं। जो भी पुत्रैषणा है, वही वित्तैषणा है और जो वित्तैषणा है, वही लोकैषणा है। ये दोनों ही [साध्य—साधनेच्छाएँ] एषणाएँ ही हैं। अतः ब्राह्मण पाण्डित्य (आत्मज्ञान) का पूर्णतया सम्पादन करके आत्मज्ञानरूप बलसे स्थित रहनेकी इच्छा करे।

* सूर्यके रथकी गतिसे एक दिनमें संसारका जितना भाग नापा जाय उसे 'देवरथाह्न्य' कहते हैं।

फिर बाल्य और पाण्डित्यको पूर्णतया प्राप्तकर वह मुनि होता है तथा अमौन और मौनका पूर्णतया सम्पादन करके ब्राह्मण (कृतकृत्य) होता है। वह किस प्रकार ब्राह्मण होता है ? जिस प्रकार भी हो, ऐसा ही ब्राह्मण होता है; इससे भिन्न और सब आर्त (नाशवान्) है ।' तब कौषीतकेय कहोल चुप हो गया ॥ १ ॥

षष्ठ ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य और गार्गीका संवाद

फिर इस याज्ञवल्क्यसे वचक्नुकी पुत्री गार्गीने पूछा; वह बोली, 'याज्ञवल्क्य ! यह जो कुछ है, सब जलमें ओतप्रोत है; किंतु वह जल किसमें ओतप्रोत है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! वायुमें ।' [गार्गी—] 'वायु किसमें ओतप्रोत है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! अन्तरिक्षलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'अन्तरिक्षलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! गन्धर्वलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'गन्धर्वलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! आदित्यलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'आदित्यलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! चन्द्रलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'चन्द्रलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! नक्षत्रलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'नक्षत्रलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! देवलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'देवलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! इन्द्रलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'इन्द्रलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! प्रजापतिलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'प्रजापतिलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गार्गि ! ब्रह्मलोकोंमें ।' [गार्गी—] 'ब्रह्मलोक किसमें ओतप्रोत हैं ?' इसपर याज्ञवल्क्यने कहा—'हे गार्गि ! अतिप्रश्न मत कर । तेरा मस्तक न गिर जाय ! तू, जिसके विषयमें अतिप्रश्न नहीं करना चाहिये, उस देवताके विषयमें अतिप्रश्न कर रही है । हे गार्गि ! तू अतिप्रश्न न कर ।' तब वचक्नुकी पुत्री गार्गी उपरत हो गयी ॥ १ ॥

सप्तम ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य तथा आरुणि उद्दालकका संवाद; आत्माके स्वरूपका वर्णन

फिर इस याज्ञवल्क्यसे आरुणि उद्दालकने पूछा; वह बोला, 'याज्ञवल्क्य ! हम मद्रदेशमें यज्ञशास्त्रका अध्ययन करते हुए कपिगोत्रोत्पन्न पतञ्चलके घर रहते थे। उसकी भार्या गन्धर्वद्वारा गृहीत थी । हमने उस (गन्धर्व) से पूछा, 'तू कौन है ?' उसने कहा, 'मैं आथर्वण कबन्ध हूँ ।' उसने कपिगोत्रीय पतञ्चल और उसके याज्ञिकोंसे पूछा, 'काप्य ! क्या तुम उस सूत्रको जानते हो, जिसके द्वारा यह लोक, परलोक और सारे भूत ग्रथित हैं ?' तब उस काप्य पतञ्चलने कहा, 'भगवन् ! मैं उसे नहीं जानता ।' उसने पतञ्चल काप्य और याज्ञिकोंसे कहा, 'काप्य ! क्या तुम उस अन्तर्यामीको जानते हो जो इस लोक, परलोक और समस्त भूतोंको भीतरसे नियमित करता है ?' उस पतञ्चल काप्यने कहा, 'भगवन् ! मैं उसे नहीं जानता ।' उसने पतञ्चल काप्य और याज्ञिकोंसे कहा, 'काप्य ! जो कोई उस सूत्र और उस अन्तर्यामीको जानता है, वह ब्रह्मवेत्ता है, वह लोकवेत्ता है, वह देववेत्ता है, वह वेदवेत्ता है, वह भूतवेत्ता है, वह आत्मवेत्ता है और वह सर्ववेत्ता है ।' तथा इसके पश्चात् गन्धर्वने उन (काप्य आदि) से सूत्र और अन्तर्यामीको बताया। उसे मैं जानता हूँ । हे याज्ञवल्क्य ! यदि उस सूत्र और अन्तर्यामीको न जाननेवाले होकर ब्रह्मवेत्ताकी स्वभूत गौओंको ले जाओगे तो तुम्हारा मस्तक गिर जायगा ।' [याज्ञवल्क्य—] 'हे गौतम ! मैं उस सूत्र और अन्तर्यामीको जानता हूँ ।' [उद्दालक—] 'ऐसा तो जो कोई भी कह सकता है—'मैं जानता हूँ, मैं जानता हूँ' [किंतु यों व्यर्थ ढोल पीटनेसे क्या लाभ ? यदि वास्तवमें तुम्हें उसका ज्ञान है तो] जिस प्रकार तुम जानते हो वह कहो' ॥ १ ॥

उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'गौतम ! वायु ही वह सूत्र है; गौतम ! वायुरूप सूत्रके द्वारा ही यह लोक, परलोक और समस्त भूतसमुदाय गुथे हुए हैं। हे गौतम ! इसीसे मरे हुए पुरुषको ऐसा कहते हैं कि इसके अंग विस्रस्त (विशीर्ण) हो गये हैं; क्योंकि हे गौतम ! वे वायुरूप सूत्रसे ही संग्रथित होते हैं ।' [आरुणि—] 'हे याज्ञवल्क्य ! ठीक है, यह तो ऐसा ही है; अब तुम अन्तर्यामीका वर्णन करो' ॥ २ ॥

जो पृथिवीमें रहनेवाला पृथिवीके भीतर है, जिसे पृथिवी

नहीं जानती, जिसका पृथिवी शरीर है और जो भीतर रहकर पृथिवीका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो जलमें रहनेवाला जलके भीतर है, जिसे जल नहीं जानता, जल जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर जलका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो अग्निमें रहनेवाला अग्निके भीतर है, जिसे अग्नि नहीं जानता, अग्नि जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर अग्निका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो अन्तरिक्षमें रहनेवाला अन्तरिक्षके भीतर है, जिसे अन्तरिक्ष नहीं जानता, अन्तरिक्ष जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर अन्तरिक्षका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो वायुमें रहनेवाला वायुके भीतर है, जिसे वायु नहीं जानता, वायु जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर वायुका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो द्युलोकमें रहनेवाला द्युलोकके भीतर है, जिसे द्युलोक नहीं जानता, द्युलोक जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर द्युलोकका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो आदित्यमें रहनेवाला आदित्यके भीतर है, जिसे आदित्य नहीं जानता, आदित्य जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर आदित्यका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो दिशाओंमें रहनेवाला दिशाओंके भीतर है, जिसे दिशाएँ नहीं जानतीं, दिशाएँ जिसका शरीर हैं और जो भीतर रहकर दिशाओंका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो चन्द्रमा और ताराओंमें रहनेवाला चन्द्रमा और ताराओंके भीतर है, जिसे चन्द्रमा और ताराएँ नहीं जानतीं, चन्द्रमा और ताराएँ जिसका शरीर हैं और जो भीतर रहकर चन्द्रमा और ताराओंका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो आकाशमें रहनेवाला आकाशके भीतर है, जिसे आकाश नहीं जानता, आकाश जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर आकाशका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो तममें रहनेवाला तमके भीतर है, जिसे तम नहीं जानता, तम जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर तमका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो तेजमें रहनेवाला तेजके भीतर है, जिसे तेज नहीं जानता, तेज जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर तेजका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। यह अधिदैवत-दर्शन हुआ, आगे अधिभूत-दर्शन है॥ ३–१४ ॥

जो समस्त भूतोंमें स्थित रहनेवाला समस्त भूतोंके भीतर है, जिसे समस्त भूत नहीं जानते, समस्त भूत जिसके शरीर हैं और जो भीतर रहकर समस्त भूतोंका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। यह अधिभूतदर्शन है, अब अध्यात्मदर्शन कहा जाता है। जो प्राणमें रहनेवाला प्राणके भीतर है, जिसे प्राण नहीं जानता, प्राण जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर प्राणका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो वाणीमें रहनेवाला वाणीके भीतर है, जिसे वाणी नहीं जानती, वाणी जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर वाणीका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो नेत्रमें रहनेवाला नेत्रके भीतर है, जिसे नेत्र नहीं जानता, नेत्र जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर नेत्रका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो श्रोत्रमें रहनेवाला श्रोत्रके भीतर है, जिसे श्रोत्र नहीं जानता, श्रोत्र जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर श्रोत्रका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो मनमें रहनेवाला मनके भीतर है, जिसे मन नहीं जानता, मन जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर मनका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो त्वक्में रहनेवाला त्वक्के भीतर है, जिसे त्वक् नहीं जानती, त्वक् जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर त्वक्का नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो विज्ञानमें रहनेवाला विज्ञानके भीतर है, जिसे विज्ञान नहीं जानता, विज्ञान जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर विज्ञानका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। जो वीर्यमें रहनेवाला वीर्यके भीतर है, जिसे वीर्य नहीं जानता, वीर्य जिसका शरीर है और जो भीतर रहकर वीर्यका नियमन करता है, वह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। वह दिखायी न देनेवाला किंतु देखनेवाला है, सुनायी न देनेवाला किंतु सुननेवाला है, मननका विषय न होनेवाला किंतु मनन करनेवाला है और विशेषतया ज्ञात न होनेवाला किंतु विशेषरूपसे जाननेवाला है; यह तुम्हारा आत्मा अन्तर्यामी अमृत है। इससे भिन्न सब नाशवान् है। इसके पश्चात् अरुणका पुत्र उद्दालक प्रश्न करनेसे निवृत्त हो गया ॥ १५–२३ ॥

अष्टम ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य-गार्गीका संवाद; अक्षरके नामसे आत्मस्वरूपका वर्णन

फिर वाचक्नवीने कहा, 'पूजनीय ब्राह्मणगण ! अब मैं इनसे दो प्रश्न पूछूँगी । यदि ये मेरे उन प्रश्नोंका उत्तर दे देंगे तो फिर आपमेंसे कोई भी इन्हें ब्रह्मसम्बन्धी वादमें नहीं जीत सकेगा ।' [ब्राह्मण—] 'अच्छा गार्गि ! पूछ' ॥ १ ॥

वह बोली, 'याज्ञवल्क्य ! जिस प्रकार काशी या विदेह-का रहनेवाला कोई वीर-वंशज पुरुष प्रत्यञ्चाहीन धनुषपर प्रत्यञ्चा चढ़ाकर शत्रुओंको अत्यन्त पीड़ा देनेवाले दो फलवाले शर हाथमें लेकर खड़ा होता है, उसी प्रकार मैं दो प्रश्न लेकर तुम्हारे सामने उपस्थित होती हूँ; तुम मुझे उनका उत्तर दो ।' इसपर याज्ञवल्क्यने कहा, 'गार्गि ! पूछ' ॥ २ ॥

वह बोली, 'याज्ञवल्क्य ! जो द्युलोकसे ऊपर है, जो पृथिवीसे नीचे है और जो द्युलोक और पृथिवीके मध्यमें है और स्वयं भी जो ये द्युलोक और पृथिवी हैं तथा जिन्हें भूत, वर्तमान और भविष्य—इस प्रकार कहते हैं, वे किसमें ओतप्रोत हैं ?' ॥ ३ ॥

उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'गार्गि ! जो द्युलोकसे ऊपर, पृथिवीसे नीचे और जो द्युलोक एवं पृथिवीके मध्यमें है और स्वयं भी जो ये द्युलोक और पृथिवी हैं तथा जिन्हें भूत, वर्तमान एवं भविष्य—इस प्रकार कहते हैं, वे सब आकाशमें ओतप्रोत हैं' ॥ ४ ॥

वह बोली, 'याज्ञवल्क्य ! आपको नमस्कार है, जिन्होंने मुझे इस प्रश्नका उत्तर दे दिया; अब आप दूसरे प्रश्नके लिये तैयार हो जाइये ।' [याज्ञवल्क्य—] 'गार्गि ! पूछ' ॥ ५ ॥

वह बोली, 'याज्ञवल्क्य ! जो द्युलोकसे ऊपर है, जो पृथिवीसे नीचे है और जो द्युलोक और पृथिवीके मध्यमें है और स्वयं भी जो ये द्युलोक और पृथिवी हैं तथा जिन्हें भूत, वर्तमान और भविष्य—इस प्रकार कहते हैं, वे किसमें ओतप्रोत हैं ?' ॥ ६ ॥

उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'गार्गि ! जो द्युलोकसे ऊपर, पृथिवीसे नीचे और जो द्युलोक एवं पृथिवीके मध्यमें है तथा स्वयं भी जो ये द्युलोक और पृथिवी हैं और जिन्हें भूत, वर्तमान और भविष्य—इस प्रकार कहते हैं, वे सब आकाशमें ही ओतप्रोत हैं ।' [गार्गी—] 'किंतु आकाश किसमें ओतप्रोत है ?' ॥ ७ ॥

उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'गार्गि ! उस इस तत्त्वको तो ब्रह्मवेत्ता अक्षर कहते हैं; वह न मोटा है, न पतला है, न छोटा है, न बड़ा है, न लाल है, न द्रव है, न छाया है, न तम (अन्धकार) है, न वायु है, न आकाश है, न संगवान् है, न रस है, न गन्ध है, न नेत्र है, न कान है, न वाणी है, न मन है, न तेज है, न प्राण है, न मुख है, न माप है, उसमें न भीतर है, न बाहर है; वह कुछ भी नहीं खाता, उसे कोई भी नहीं खाता' ॥ ८ ॥

'गार्गि ! इस अक्षरके ही प्रशासनमें सूर्य और चन्द्रमा विशेषरूपसे धारण किये हुए स्थित रहते हैं । हे गार्गि ! इस अक्षरके ही प्रशासनमें द्युलोक और पृथिवी विशेषरूपसे धारण किये हुए स्थित रहते हैं । हे गार्गि ! इस अक्षरके ही प्रशासनमें निमेष, मुहूर्त्त, दिन-रात, अर्धमास (पक्ष), मास, ऋतु और संवत्सर विशेषरूपसे धारण किये हुए स्थित रहते हैं । हे गार्गि ! इस अक्षरके ही प्रशासनमें पूर्ववाहिनी एवं अन्य नदियाँ श्वेत पर्वतोंसे बहती हैं तथा अन्य पश्चिमवाहिनी नदियाँ जिस-जिस दिशाको बहने लगती हैं, उसीका अनुसरण करती रहती हैं । हे गार्गि ! इस अक्षरके ही प्रशासनमें मनुष्य दाताकी प्रशंसा करते हैं तथा देवगण यजमानका और पितृगण दर्वीहोमका अनुवर्तन करते हैं । गार्गि ! जो कोई इस लोकमें इस अक्षरको न जानकर हवन करता, यज्ञ करता और अनेकों सहस्र वर्षपर्यन्त तप करता है, उसका वह सब कर्म अन्तवाला ही होता है । जो कोई भी इस अक्षरको बिना जाने इस लोकसे मरकर जाता है, वह कृपण (दीन) है और हे गार्गि ! जो इस अक्षरको जानकर इस लोकसे मरकर जाता है, वह ब्राह्मण है । हे गार्गि ! यह अक्षर स्वयं दृष्टिका विषय नहीं, किन्तु द्रष्टा है; श्रवणका विषय नहीं, किन्तु श्रोता है; मननका विषय नहीं, किन्तु मन्ता है; स्वयं अविज्ञात रहकर दूसरोंका विज्ञाता है । इससे भिन्न कोई द्रष्टा नहीं है, इससे भिन्न कोई श्रोता नहीं है, इससे भिन्न कोई मन्ता नहीं है और इससे भिन्न कोई विज्ञाता नहीं है । हे गार्गि ! निश्चय इस अक्षरमें ही आकाश ओत-प्रोत है' ॥ ९—११ ॥

उस गार्गीने कहा, 'पूज्य ब्राह्मणगण ! आपलोग इसीको

बहुत मानें कि इन याज्ञवल्क्यजीसे आपको नमस्कारद्वारा ही छुटकारा मिल जाय। आपमेंसे कोई भी कभी इन्हें ब्रह्मविषयक वादमें जीतनेवाला नहीं है।' तदनन्तर वचक्नुकी पुत्री गार्गी चुप हो गयी ॥ १२ ॥

नवम ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य-शाकल्यका संवाद और याज्ञवल्क्यकी विजय

इसके पश्चात् इस याज्ञवल्क्यसे शाकल्य विदग्धने पूछा, 'याज्ञवल्क्य ! कितने देवगण हैं ?' तब याज्ञवल्क्यने इस आगे कही जानेवाली निविद्से ही उनकी संख्याका प्रतिपादन किया। 'वैश्वदेवकी निविद्में अर्थात् देवताओंकी संख्या बतानेवाले मन्त्रपदोंमें जितने बतलाये गये हैं, वे तीन और तीन सौ तथा तीन और तीन सहस्र (तीन हजार तीन सौ छः) हैं।' [तब शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा। फिर पूछा, 'याज्ञवल्क्य ! कितने देव हैं ?' याज्ञवल्क्यने कहा, 'तैंतीस'। [शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा और पूछा 'तो, याज्ञवल्क्य ! कितने देव हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'छः'। [शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा और फिर पूछा, 'याज्ञवल्क्य ! कितने देव हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'तीन।' [शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा और पुनः पूछा, 'याज्ञवल्क्य ! कितने देव हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'दो।' [शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा और पूछा, 'याज्ञवल्क्य ! कितने देव हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'डेढ़।' [शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा और पूछा, 'याज्ञवल्क्य ! कितने देव हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'एक।' [शाकल्यने] 'ठीक है' ऐसा कहा और पूछा 'वे तीन और तीन सौ तथा तीन और तीन सहस्र देव कौन-से हैं ?' ॥ १ ॥

उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'ये तो इनकी महिमाएँ ही हैं। देवगण तो तैंतीस ही हैं।' [शाकल्य—] 'वे तैंतीस देव कौन-से हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'आठ वसु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य—ये इकतीस देवगण हैं तथा इन्द्र और प्रजापतिके सहित तैंतीस हैं' ॥ २ ॥

[शाकल्य—] 'वसु कौन हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'अग्नि, पृथिवी, वायु, अन्तरिक्ष, आदित्य, द्युलोक, चन्द्रमा और नक्षत्र—ये वसु हैं; इन्हींमें यह सब जगत् निहित है, इसीसे ये वसु हैं' ॥ ३ ॥

[शाकल्य—] 'रुद्र कौन हैं' [याज्ञवल्क्य—] 'पुरुषमें ये दस प्राण (इन्द्रियाँ) और ग्यारहवाँ आत्मा (मन)। ये जिस समय इस मरणशील शरीरसे उत्क्रमण करते हैं, उस समय रुलाते हैं; अतः उत्क्रमणकालमें अपने सम्बन्धियोंको रुलाते हैं; इसलिये रोदनके कारण होनेसे 'रुद्र' कहलाते हैं' ॥ ४ ॥

[शाकल्य—] 'आदित्य कौन हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'संवत्सरके अवयवभूत ये बारह मास ही आदित्य हैं; क्योंकि ये इस सबका आदान (ग्रहण) करते हुए चलते हैं, इसलिये आदित्य हैं' ॥ ५ ॥

[शाकल्य—] 'इन्द्र कौन है और प्रजापति कौन है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'स्तनयित्नु (विद्युत्) ही इन्द्र है और यज्ञ प्रजापति है।' [शाकल्य—] 'स्तनयित्नु कौन है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'वज्र।' [शाकल्य—] 'यज्ञ कौन है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'पशुगण' ॥ ६ ॥

[शाकल्य—] 'छः देवगण कौन हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'अग्नि, पृथिवी, वायु, अन्तरिक्ष, आदित्य और द्युलोक—ये छः देवगण हैं। ये वसु आदि तैंतीस देवताओंके रूपमें अग्नि आदि छः ही हैं' ॥ ७ ॥

[शाकल्य—] 'वे तीन देव कौन हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'ये तीन लोक ही तीन देव हैं। इन्हींमें ये सब देव अन्तर्भूत हैं।' [शाकल्य—] 'वे दो देव कौन हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'अन्न और प्राण।' [शाकल्य—] 'डेढ़ देव कौन हैं ?' [याज्ञवल्क्य—] 'जो यह बहता है' ॥ ८ ॥

यहाँ ऐसा कहते हैं—'यह जो वायु है, एकही-सा बहता है; फिर यह अध्यर्ध—डेढ़ किस प्रकार है ?' [उत्तर—] 'क्योंकि इसीमें यह सब ऋद्धिको प्राप्त होता है, इसलिये यह अध्यर्ध (डेढ़) है।' [शाकल्य—] 'एक देव कौन है ?' [याज्ञवल्क्य—] 'प्राण; वह ब्रह्म है, उसीको 'त्यत्' ऐसा कहते हैं' ॥ ९ ॥

[शाकल्य—] 'पृथिवी ही जिसका आयतन है तथा अग्नि लोक (दर्शनशक्ति) और मन ज्योति (संकल्प-विकल्पका साधन) है, जो भी उस पुरुषको सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करणसमूहका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता (पण्डित) है। याज्ञवल्क्य ! [तुम तो बिना जाने ही पण्डित होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'जिसे तुम सम्पूर्ण आध्यात्मिक कार्य-करण-संघातका परम आश्रय बतलाते हो,

उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। यह जो शारीर-पुरुष है, वही यह है। शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'अच्छा, उसका देवता कौन है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'अमृत' ऐसा कहा ॥ १० ॥

[शाकल्य—] 'काम ही जिसका आयतन है, हृदय लोक है और मन ज्योति है, उस पुरुषको जो भी सम्पूर्ण आध्यात्मिक कार्य-करण-समूहका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है। याज्ञवल्क्य ! [तुम तो विना जाने ही पण्डित होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'जिसे तुम सम्पूर्ण आध्यात्मिक कार्य-करण-संघातका परम आश्रय बतलाते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह काममय पुरुष है, वही यह है। हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका कौन देवता है ?' तब याज्ञवल्क्यने कहा—'स्त्रियाँ' ॥ ११ ॥

[शाकल्य—] 'रूप ही जिसका आयतन है, चक्षु लोक है और मन ज्योति है, जो भी उस पुरुषको सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-समूहका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है। हे याज्ञवल्क्य! [तुम तो विना जाने ही पण्डित होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'तुम जिसे सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-समूहका परम आश्रय बतलाते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह आदित्यमें पुरुष है, वही यह है। हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका देवता कौन है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'सत्य' ऐसा कहा॥ १२ ॥

[शाकल्य—] 'आकाश ही जिसका आयतन है, श्रोत्र लोक है और मन ज्योति है, जो भी उस पुरुषको सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-समूहका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है। हे याज्ञवल्क्य ! [तुम तो विना जाने ही पण्डित होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'तुम जिसे सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-समूहका परम आश्रय कहते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह श्रोत्रसम्बन्धी प्रातिश्रुत्क पुरुष है, यही वह है; हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका कौन देवता है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'दिशाएँ' ऐसा कहा ॥ १३ ॥

[शाकल्य—] 'तम ही जिसका आयतन है, हृदय लोक है, मन ज्योति है, जो भी उस पुरुषको सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-समूहका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है, याज्ञवल्क्य ! [तुम तो बिना जाने ही पण्डित होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'तुम जिसे समस्त आध्यात्मिक कार्य-करण-समूहका परम आश्रय बतलाते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह छायामय पुरुष है, वही यह है। हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका कौन देवता है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'मृत्यु' ऐसा कहा ॥ १४ ॥

[शाकल्य—] 'रूप ही जिसका आयतन है, नेत्र लोक है और मन ज्योति है, उस पुरुषको जो भी सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-संघातका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है। हे याज्ञवल्क्य ! [तुम तो विना जाने ही पण्डित होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'तुम जिसे सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-संघातका परम आश्रय बतलाते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह आदर्श (दर्पण) के भीतर पुरुष है, वही यह है। हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका देवता कौन है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'असु' ऐसा कहा ॥ १५ ॥

[शाकल्य—] 'जल ही जिसका आयतन है, हृदय लोक है और मन ज्योति है, उस पुरुषको जो भी सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-संघातका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है। हे याज्ञवल्क्य ! [तुम तो विना जाने ही विद्वान् होनेका अभिमान कर रहे हो !]।' [याज्ञवल्क्य—] 'जिसे तुम सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-समूहका परम आश्रय बतलाते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह जलमें पुरुष है, वही यह है। हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका कौन देवता है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'वरुण' ऐसा कहा ॥ १६ ॥

[शाकल्य—] 'वीर्य ही जिसका आयतन है, हृदय लोक है और मन ज्योति है, जो भी उस पुरुषको सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-संघातका परम आश्रय जानता है, वही ज्ञाता है। हे याज्ञवल्क्य ! [तुम तो विना जाने ही विद्वान् होनेका अभिमान कर रहे हो !]' [याज्ञवल्क्य—] 'जिसे तुम सम्पूर्ण अध्यात्म कार्य-करण-संघातका परम आश्रय बतलाते हो, उस पुरुषको तो मैं जानता हूँ। जो भी यह पुत्ररूप पुरुष है, वही यह है। हे शाकल्य ! और बोलो।' [शाकल्य—] 'उसका कौन देवता है ?' तब याज्ञवल्क्यने 'प्रजापति' ऐसा कहा ॥ १७ ॥

'शाकल्य !' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा, 'इन ब्राह्मणोंने निश्चय ही तुम्हें अंगारे निकालनेका चिमटा बना रक्खा है' ॥ १८ ॥

'हे याज्ञवल्क्य !' ऐसा शाकल्यने कहा, 'यह जो तुम इन कुरुपाञ्चालदेशीय ब्राह्मणोंपर आक्षेप करते हो सो क्या तुम ब्रह्मवेत्ता हो—ऐसा समझकर करते हो ?' [याज्ञवल्क्य—मेरा ब्रह्मज्ञान यह है कि] 'मैं देवता और प्रतिष्ठाके सहित

दिशाओंका ज्ञान रखता हूँ।' [शाकल्य—] 'यदि तुम देवता और प्रतिष्ठाके सहित दिशाओंको जानते हो [तो बताओ] इस पूर्वदिशामें तुम किस देवतासे युक्त हो?' [याज्ञवल्क्य—] 'वहाँ मैं आदित्य (सूर्य) देवतावाला हूँ।' [शाकल्य—] 'वह आदित्य किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'नेत्रमें।' [शाकल्य—] 'नेत्र किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'रूपोंमें, क्योंकि पुरुष नेत्रसे ही रूपोंको देखता है।' [शाकल्य—] 'रूप किसमें प्रतिष्ठित है?' याज्ञवल्क्यने कहा, 'हृदयमें, क्योंकि पुरुष हृदयसे ही रूपोंको जानता है, अतः हृदयमें ही रूप प्रतिष्ठित हैं।' [शाकल्य—] 'हे याज्ञवल्क्य! यह बात ऐसी ही है' ॥ १९-२० ॥

'इस दक्षिण दिशामें तुम कौन-से देवतावाले हो?' [याज्ञवल्क्य—] 'यमदेवतावाला हूँ।' [शाकल्य—] 'वह यमदेवता किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'यज्ञमें।' [शाकल्य—] 'यज्ञ किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'दक्षिणामें।' [शाकल्य—] 'दक्षिणा किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'श्रद्धामें; क्योंकि जब पुरुष श्रद्धा करता है, तभी दक्षिणा देता है, अतः श्रद्धामें ही दक्षिणा प्रतिष्ठित है।' [शाकल्य—] 'श्रद्धा किसमें प्रतिष्ठित है?' याज्ञवल्क्यने कहा, 'हृदयमें; क्योंकि हृदयसे ही पुरुष श्रद्धाको जानता है, अतः हृदयमें ही श्रद्धा प्रतिष्ठित है।' [शाकल्य—] 'याज्ञवल्क्य यह बात ऐसी ही है' ॥ २१ ॥

'इस पश्चिम दिशामें तुम कौन-से देवतावाले हो?' [याज्ञवल्क्य—] 'वरुणदेवतावाला हूँ।' [शाकल्य—] 'वह वरुण किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] [शाकल्य—] 'जल किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'वीर्यमें।' [शाकल्य—] 'वीर्य किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'हृदयमें; इसीसे पिताके अनुरूप उत्पन्न हुए पुत्रको लोग कहते हैं कि यह मानो पिताके हृदयसे ही निकला है, मानो पिताके हृदयसे ही बना है; क्योंकि हृदयमें ही वीर्य स्थित रहता है।' [शाकल्य—] 'याज्ञवल्क्य! यह बात ऐसी ही है' ॥ २२ ॥

'इस उत्तर दिशामें तुम किस देवतावाले हो?' [याज्ञवल्क्य—] 'सोमदेवतावाला हूँ।' [शाकल्य—] 'वह सोम किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'दीक्षामें।' [शाकल्य—] 'दीक्षा किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'सत्यमें; इसीसे दीक्षित पुरुषसे कहते हैं कि सत्य बोलो; क्योंकि सत्यमें ही दीक्षा प्रतिष्ठित है।' [शाकल्य—] 'सत्य किसमें प्रतिष्ठित है?' 'हृदयमें।' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा। 'क्योंकि पुरुष हृदयसे ही सत्यको जानता है, अतः हृदयमें ही सत्य प्रतिष्ठित है।' [शाकल्य—] 'याज्ञवल्क्य! यह बात ऐसी ही है' ॥ २३ ॥

'इस ध्रुवा दिशामें तुम कौन देवतावाले हो?' [याज्ञवल्क्य—] 'अग्निदेवतावाला हूँ।' [शाकल्य—] 'वह अग्नि किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'वाक्‌में।' [शाकल्य—] 'वाक् किसमें प्रतिष्ठित है?' [याज्ञवल्क्य—] 'हृदयमें।' [शाकल्य—] 'हृदय किसमें प्रतिष्ठित है?' ॥ २४ ॥

याज्ञवल्क्यने 'अहल्लिक! (प्रेत!)' ऐसा सम्बोधन करके कहा—'जिस समय तुम इसे हमसे अलग मानते हो, उस समय यदि यह (हृदय—आत्मा) हमसे अलग हो जाय तो इस शरीरको कुत्ते खा जायँ अथवा इसे पक्षी चोंच मारकर मथ डालें' ॥ २५ ॥

'तुम (शरीर) और आत्मा (हृदय) किसमें प्रतिष्ठित हो?' [याज्ञवल्क्य—] 'प्राणमें।' [शाकल्य—] 'प्राण किसमें प्रतिष्ठित है?' 'अपानमें।' 'अपान किसमें प्रतिष्ठित है?' 'व्यानमें।' 'व्यान किसमें प्रतिष्ठित है?' 'उदानमें।' 'उदान किसमें प्रतिष्ठित है?' 'समानमें।' 'जिसका [मधुकाण्डमें] 'नेति-नेति' ऐसा कहकर निरूपण किया गया है, वह आत्मा अगृह्य है—वह ग्रहण नहीं किया जा सकता, अशीर्य है—वह शीर्ण (नष्ट) नहीं होता, असङ्ग है—वह संसक्त नहीं होता, असित है—वह व्यथित और हिंसित नहीं होता। ये आठ (पृथिवी आदि) आयतन हैं, आठ (अग्नि आदि) लोक हैं, आठ (अमृतादि) देव हैं और आठ (शारीरादि) पुरुष हैं। वह जो उन पुरुषोंको निश्चयपूर्वक जानकर उनका अपने हृदयमें उपसंहार करके औपाधिक धर्मोंका अतिक्रमण किये हुए है, उस औपनिषद पुरुषको मैं पूछता हूँ; यदि तुम मुझे उसे स्पष्टतया न बतला सकोगे तो तुम्हारा मस्तक गिर जायगा।' याज्ञवल्क्यने यों कहा, किंतु शाकल्य उसे नहीं जानता था, इसलिये बता नहीं सका एवं उसका मस्तक गिर गया। यही नहीं, अपितु चोरलोग उसकी हड्डियोंको कुछ और समझकर चुरा ले गये ॥ २६ ॥

फिर याज्ञवल्क्यने कहा, 'पूजनीय ब्राह्मणगण! आपमेंसे जिसकी इच्छा हो, वह मुझसे प्रश्न करे। अथवा आप सभी मुझसे प्रश्न करें। इसी प्रकार आपमेंसे जिसकी इच्छा हो, उससे मैं प्रश्न करता हूँ या आप सभीसे मैं प्रश्न करता हूँ।' किंतु उन ब्राह्मणोंका साहस न हुआ ॥ २७ ॥

याज्ञवल्क्यने उनसे इन श्लोकोंद्वारा प्रश्न किया—वनस्पति (विशालता आदि गुणोंसे युक्त) वृक्ष जैसा (जिन धर्मोंसे युक्त) होता है, पुरुष (जीवका शरीर) भी वैसा ही (उन्हीं धर्मोंसे सम्पन्न) होता है—यह बिल्कुल सत्य है। वृक्षके पत्ते होते हैं और पुरुषके शरीरमें पत्तोंकी जगह रोम होते हैं; पुरुषके शरीरमें जो त्वचा (चाम) है, उसकी समतामें इस वृक्षके बाहरी भागमें छाल होती है। पुरुषकी त्वचासे ही रक्त निकलता है और वृक्षकी भी त्वचा (छाल) से ही गोंद निकलता है। वृक्ष और पुरुषकी इस समानताके कारण ही जिस प्रकार आघात लगनेपर वृक्षसे रस निकलता है, उसी प्रकार चोट खाये हुए पुरुष-शरीरसे रक्त प्रवाहित होता है। पुरुषके शरीरमें मांस होते हैं और वनस्पतिके शकर (छालका भीतरी अंश); पुरुषके स्नायु (शिरा) होते हैं और वृक्षमें किनाट (शकरके भी भीतरका अंशविशेष)। वह किनाट स्नायुकी ही भाँति स्थिर होता है। पुरुषके स्नायु-जालके भीतर जैसे हड्डियाँ होती हैं, वैसे ही वृक्षमें किनाटके भीतर काष्ठ हैं तथा मज्जा तो दोनोंमें मज्जाके ही समान निश्चित की गयी है। किंतु यदि वृक्षको काट दिया जाता है तो वह अपने मूलसे पुनः और भी नवीन होकर अङ्कुरित हो आता है; इसी प्रकार यदि मनुष्यको मृत्यु काट डाले तो वह (वृक्षकी भाँति)किस मूलसे उत्पन्न होगा ?। वह वीर्यसे उत्पन्न होता है—ऐसा तो मत कहो; क्योंकि वीर्य तो जीवित पुरुषसे ही उत्पन्न होता है [मृत पुरुषसे नहीं]। वृक्ष भी [केवल तनेसे ही नहीं उत्पन्न होता,] बीजसे भी उत्पन्न होता है; किंतु बीजसे उत्पन्न होनेवाला वृक्ष भी कट जानेके पश्चात् पुनः अङ्कुरित होकर उत्पन्न होता है, यह प्रत्यक्ष देखा गया है। पर यदि वृक्षको जड़सहित उखाड़ दिया जाय तो वह फिर उत्पन्न नहीं होगा; इसी प्रकार यदि मनुष्यका मृत्यु छेदन कर दे तो वह किस मूलसे उत्पन्न होता है ?। [यदि ऐसा माना जाय कि] पुरुष तो उत्पन्न हो ही गया है, अतः फिर उत्पन्न नहीं होता [तो यह ठीक नहीं; क्योंकि वह मरकर पुनः उत्पन्न होता ही है] ऐसी दशामें मृत्युके पश्चात् इसे पुनः कौन उत्पन्न करेगा ? [यह प्रश्न है; ब्राह्मणोंने इसका कोई उत्तर नहीं दिया, इसलिये श्रुति स्वयं ही उसका निर्देश करती है—] विज्ञान आनन्द ब्रह्म है, वह धनदाता (कर्म करनेवाले यजमान) की परम गति है और ब्रह्मनिष्ठ ब्रह्मवेत्ताका भी परम आश्रय है ॥ १—७ ॥ ॥ २८ ॥

॥ तृतीय अध्याय समाप्त ॥ ३ ॥

ॐ

चतुर्थ अध्याय

प्रथम ब्राह्मण

जनक-याज्ञवल्क्य-संवाद

विदेह जनक आसनपर स्थित था। तभी उसके पास याज्ञवल्क्यजी आये। उनसे [जनकने] कहा, 'याज्ञवल्क्यजी! कैसे पधारे? पशुओंकी इच्छासे, अथवा सूक्ष्मान्त [प्रश्न श्रवण करने] के लिये?' 'राजन्! मैं दोनोंके लिये आया हूँ' ऐसा [याज्ञवल्क्यने] कहा ॥ १ ॥

[याज्ञवल्क्य–] 'तुमसे किसी आचार्यने जो कहा है, वह हम सुनें।' [जनक–] 'मुझसे शिलिनके पुत्र जित्वाने कहा है कि वाक् ही ब्रह्म है।' [याज्ञवल्क्य–] "जिस प्रकार मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् कहे, उसी प्रकार उस शिलिनके पुत्रने 'वाक् ही ब्रह्म है' ऐसा कहा है, क्योंकि न बोलनेवालेको क्या लाभ हो सकता है? किन्तु क्या उसने उसके आयतन और प्रतिष्ठा भी बतलाये हैं?" [जनक–] 'मुझे नहीं बतलाये।' [याज्ञवल्क्य–] 'राजन्! यह तो एक ही पादवाला ब्रह्म है।' [जनक–] 'याज्ञवल्क्यजी! वह मुझे आप बतलाइये।' [याज्ञवल्क्य–] "वाक् ही उसका आयतन है और आकाश प्रतिष्ठा है; उसकी 'प्रज्ञा' इस प्रकार उपासना करे।" [जनक–] 'याज्ञवल्क्यजी! प्रज्ञता क्या है?' 'राजन्! वाक् ही प्रज्ञता है' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा, 'हे सम्राट्! वाक्से ही बन्धुका ज्ञान होता है और राजन्! ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, अनुव्याख्यान, व्याख्यान, इष्ट, हुत, आशित (भूखेको अन्न खिलानेसे होनेवाले धर्म), पायित (प्यासेको पानी पिलानेसे होनेवाले धर्म), यह लोक, परलोक और समस्त भूत वाक्से ही जाने जाते हैं। हे सम्राट्! वाक् ही परब्रह्म है। इस प्रकार उपासना करनेवालेको वाक् नहीं त्यागती, सम्पूर्ण भूत उसको उपहार देते हैं। जो विद्वान् इसकी इस प्रकार उपासना करता है, वह देव होकर देवोंको प्राप्त होता है।' विदेहराज जनकने कहा—'मैं आपको—जिनसे हाथीके समान बैल उत्पन्न हों ऐसी—सहस्र गौएँ देता हूँ।' उस याज्ञवल्क्यने कहा—'मेरे पिताजीका सिद्धान्त था कि शिष्यको उपदेशके द्वारा कृतार्थ किये बिना उसका धन नहीं ले जाना चाहिये' ॥ २ ॥

[याज्ञवल्क्य–] 'तुमसे किसी [आचार्य] ने जो भी कहा है, वह हम सुनें।' [जनक–] "मुझसे शुल्बके पुत्र उदङ्कने 'प्राण ही ब्रह्म है' ऐसा कहा है।" [याज्ञवल्क्य–] "जिस प्रकार मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् कहे, उसी प्रकार उस शुल्बके पुत्रने 'प्राण ही ब्रह्म है' ऐसा कहा है, क्योंकि प्राणक्रिया न करनेवालेको क्या लाभ हो सकता है? किन्तु क्या उसने उसके आयतन और प्रतिष्ठा भी बतलाये हैं?" [जनक–] 'मुझे नहीं बतलाये।' [याज्ञवल्क्य–] 'राजन्! यह तो एक ही पादवाला ब्रह्म है।' [जनक–] 'याज्ञवल्क्यजी! वह मुझे आप बतलाइये।' [याज्ञवल्क्य–] "प्राण ही आयतन है, आकाश प्रतिष्ठा है, उसकी 'प्रिय' इस रूपसे उपासना करे।" [जनक–] 'याज्ञवल्क्यजी! प्रियता क्या है?' 'हे सम्राट्! प्राण ही प्रियता है' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा, 'राजन्! प्राणके लिये ही लोग अयाज्यसे यजन कराते हैं, प्रतिग्रह न लेनेयोग्यसे प्रतिग्रह लेते हैं तथा जिस दिशामें जाते हैं, उसमें ही वधकी आशंका करते हैं। हे सम्राट्! यह सब प्राणके लिये ही होता है। हे राजन्! प्राण ही परम ब्रह्म है। जो विद्वान् इसकी इस प्रकार उपासना करता है, उसे प्राण नहीं त्यागता, उसको सब भूत उपहार देते हैं और वह देव होकर देवोंको प्राप्त होता है।' 'मैं आपको हाथीके समान हृष्ट-पुष्ट बैल उत्पन्न करनेवाली एक सहस्र गौएँ देता हूँ' ऐसा विदेहराज जनकने कहा। याज्ञवल्क्यने कहा, 'मेरे पिताका विचार था कि शिष्यको उपदेशके द्वारा कृतार्थ किये बिना उसका धन नहीं ले जाना चाहिये' ॥ ३ ॥

[याज्ञवल्क्य–] 'तुमसे किसी आचार्यने जो भी कहा है, वह हम सुनें।' [जनक–] "मुझसे वृष्णके पुत्र बर्कुने कहा है कि 'चक्षु ही ब्रह्म है'।" [याज्ञवल्क्य–] "जिस प्रकार मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् कहे, उसी प्रकार उस वार्ष्णने 'चक्षु ही ब्रह्म है' ऐसा कहा है, क्योंकि न देखनेवालेको क्या लाभ हो सकता है? किंतु क्या उसने तुम्हें उसके आयतन और प्रतिष्ठा भी बतलाये हैं?" [जनक–] 'मुझे नहीं बतलाये।' [याज्ञवल्क्य–] 'हे सम्राट्! यह तो एक ही पादवाला ब्रह्म है।' [जनक–] 'याज्ञवल्क्यजी! वह मुझे आप बतलाइये।' [याज्ञवल्क्य–] "चक्षु ही आयतन है, आकाश प्रतिष्ठा है, इसकी 'सत्य' इस रूपसे उपासना करे।" [जनक–] 'हे याज्ञवल्क्य! सत्यता क्या है?' 'हे राजन्! चक्षु ही सत्यता

है' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा। "हे सम्राट्! चक्षुसे देखनेवालेसे ही 'क्या तूने देखा' ऐसा जब कहा जाता है और वह कहता है कि 'मैंने देखा' तो वह सत्य होता है। राजन्! चक्षु ही परम ब्रह्म है। जो विद्वान् इसकी इस प्रकार उपासना करता है, उसका चक्षु त्याग नहीं करता, सब भूत उसको उपहार देते हैं और वह देव होकर देवोंको प्राप्त होता है।" 'मैं आपको हाथीके समान हृष्ट-पुष्ट बैल उत्पन्न करनेवाली एक सहस्र गौएँ देता हूँ' ऐसा विदेहराज जनकने कहा। उस याज्ञवल्क्यने कहा, 'मेरे पिताका विचार था कि शिष्यको उपदेशके द्वारा कृतार्थ किये बिना उसका धन नहीं ले जाना चाहिये' ॥ ४ ॥

[याज्ञवल्क्य–] 'तुमसे किसी आचार्यने जो भी कहा है, वह हम सुनें।' [जनक–] "मुझसे भारद्वाज-गोत्रोत्पन्न गर्दभीविपीतने कहा है कि 'श्रोत्र ही ब्रह्म है'।" [याज्ञवल्क्य–] "जिस प्रकार मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् कहे, उसी प्रकार उस भारद्वाजने 'श्रोत्र ही ब्रह्म है' ऐसा कहा है; क्योंकि न सुननेवालेको क्या लाभ हो सकता है? किंतु क्या उसने तुम्हें उसके आयतन और प्रतिष्ठा भी बतलाये हैं?" [जनक–] 'मुझे नहीं बतलाये।' [याज्ञवल्क्य–] 'हे सम्राट्! यह तो एक ही पादवाला ब्रह्म है।' [जनक–] 'हे याज्ञवल्क्य! वह मुझे आप बतलाइये।' [याज्ञवल्क्य–] "श्रोत्र ही आयतन है, आकाश प्रतिष्ठा है, तथा इसकी 'अनन्त' इस रूपसे उपासना करें।" [जनक–] 'हे याज्ञवल्क्य! अनन्तता क्या है?' 'हे सम्राट्! दिशाएँ ही अनन्तता हैं'-ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा, 'इसीसे हे सम्राट्! कोई भी जिस किसी दिशाको जाता है, वह उसका अन्त नहीं पाता; क्योंकि दिशाएँ अनन्त हैं और हे सम्राट्! दिशाएँ ही श्रोत्र हैं। श्रोत्र ही परम ब्रह्म है। जो विद्वान् इसकी इस प्रकार उपासना करता है, श्रोत्र उसका त्याग नहीं करता, सब भूत उसको उपहार देते हैं और वह देव होकर देवोंको प्राप्त होता है।' 'मैं आपको हाथीके समान हृष्ट-पुष्ट बैल उत्पन्न करनेवाली एक सहस्र गौएँ देता हूँ' ऐसा विदेहराज जनकने कहा। याज्ञवल्क्यने कहा, 'मेरे पिताका विचार था कि शिष्यको कृतार्थ किये बिना उसका धन नहीं ले जाना चाहिये' ॥ ५ ॥

[याज्ञवल्क्य–] 'तुमसे किसी आचार्यने जो भी कहा है, वह हम सुनें।' [जनक–] "मुझसे जबालाके पुत्र सत्यकामने कहा है कि 'मन ही ब्रह्म है'।" [याज्ञवल्क्य–] "जैसे मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् कहे, उसी प्रकार उस जबालाके पुत्रने 'मन ही ब्रह्म है' ऐसा कहा है; क्योंकि मनोहीनको क्या लाभ हो सकता है? किंतु क्या उसने तुम्हें उसके आयतन और प्रतिष्ठा बतलाये हैं।" [जनक–] 'मुझे नहीं बतलाये।' [याज्ञवल्क्य–] 'हे सम्राट्! यह तो एक ही पादवाला ब्रह्म है।' [जनक–] 'हे याज्ञवल्क्य! वह मुझे आप बतलाइये।' [याज्ञवल्क्य–] "मन ही आयतन है, आकाश प्रतिष्ठा है, इसकी 'आनन्द' इस रूपसे उपासना करे।" [जनक–] 'याज्ञवल्क्य! आनन्दता क्या है?' 'हे सम्राट्! मन ही आनन्दता है' ऐसा याज्ञवल्क्यने कहा, 'हे राजन्! मनसे ही स्त्रीकी इच्छा करता है; उसमें अनुरूप पुत्र उत्पन्न होता है, वह आनन्द है। हे सम्राट्! मन ही परम ब्रह्म है। जो विद्वान् इसकी इस प्रकार उपासना करता है, उसे मन नहीं त्यागता, सब भूत उसका उपकार करते हैं तथा वह देव होकर देवोंको प्राप्त होता है।' 'मैं आपको हाथीके समान हृष्ट-पुष्ट बैल उत्पन्न करनेवाली एक सहस्र गौएँ देता हूँ' ऐसा विदेहराज जनकने कहा। याज्ञवल्क्यने कहा, 'मेरे पिताका विचार था कि शिष्यको उपदेशके द्वारा कृतार्थ किये बिना उसका धन नहीं ले जाना चाहिये' ॥ ६ ॥

'जिस प्रकार मरनेपर यह प्रजा विभिन्न मार्गोंसे जाती है—सो क्या तू जानता है ?' श्वेतकेतु बोला, 'नहीं !' [राजा–] 'जिस प्रकार वह पुनः इस लोकमें आती है—सो क्या तुझे मालूम है ?' 'नहीं,' ऐसा श्वेतकेतुने उत्तर दिया । [राजा–] 'इस प्रकार पुनः-पुनः बहुतोंके मरकर जानेपर भी जिस प्रकार वह लोक भरता नहीं है—सो क्या तू जानता है ?' 'नहीं,' ऐसा उसने कहा । [राजा—] 'क्या तू जानता है कि कितने बारकी आहुतिके हवन करनेपर आप (जल) पुरुष-शब्दवाच्य हो उठकर बोलने लगता है ?' 'नहीं,' ऐसा श्वेतकेतुने कहा । 'क्या तू देवयानमार्गका कर्मरूप साधन अथवा पितृयानका कर्मरूप साधन जानता है, जिसे करके लोग देवयानमार्गको प्राप्त होते हैं अथवा पितृयानमार्गको ? हमने तो मन्त्रका यह वचन सुना है—मैंने पितरोंका और देवोंका, इस प्रकार दो मार्ग सुने हैं; ये दोनों मनुष्योंसे सम्बन्ध रखनेवाले मार्ग हैं । इन दोनों मार्गोंसे जानेवाला जगत् सम्यक् प्रकारसे जाता है । तथा ये मार्ग [द्युलोक और पृथिवीरूप] पिता और माताके मध्यमें हैं ।' इसपर श्वेतकेतुने 'मैं इनमेंसे एक भी नहीं जानता,' ऐसा उत्तर दिया ॥ २ ॥

फिर राजाने श्वेतकेतुसे ठहरनेके लिये प्रार्थना की । किंतु वह कुमार ठहरनेकी परवा न करके चल दिया । वह सीधा अपने पिताके पास आया और उससे बोला, 'आपने यही कहा था न कि मुझे सब विषयोंकी शिक्षा दे दी गयी है ?' [पिता—] 'हे सुन्दर धारणाशक्तिवाले ! क्या हुआ ?' [पुत्र—] 'मुझसे एक क्षत्रियबन्धुने पाँच प्रश्न पूछे थे, उनमेंसे मैं एकको भी नहीं जानता ।' [पिता—] 'वे कौन-से थे ?' [पुत्र—] 'ये थे' ऐसा कहकर उसने उन प्रश्नोंके प्रतीक बतलाये ॥ ३ ॥

पिताने कहा, 'हे तात ! तू हमारे कथनानुसार ऐसा समझ कि हम जो कुछ जानते थे, वह सब हमने तुझसे कह दिया था । अब हम दोनों वहीं चलें और ब्रह्मचर्यपालनपूर्वक उसके यहाँ निवास करेंगे ।' [पुत्र—] 'आप ही जाइये ।' तब वह गौतम जहाँ जैवलि प्रवाहणकी बैठक थी, वहाँ आया । उसके लिये आसन लाकर राजाने जल मँगवाया और उसे अर्घ्यदान किया । फिर बोला, 'मैं पूज्य गौतमको वर देता हूँ ।' (आप जिस उद्देश्यसे यहाँ पधारे हैं, वह बतलाइये । मैं उसकी पूर्ति करूँगा ।) उसने कहा, 'आपने मुझे जो वर देनेके लिये प्रतिज्ञा की है, उसके अनुसार आपने कुमारसे जो बात पूछी थी, वह मुझसे कहिये ।' उसने कहा, 'गौतम ! वह वर तो दैव वरोंमेंसे है, तुम मनुष्यसम्बन्धी वरोंमेंसे कोई वर माँगो' ॥ ४-६ ॥

गौतमने कहा, 'आप जानते हैं, वह तो मेरे पास है । मुझे सुवर्ण तथा गौ, अश्व, दासी, परिवार और वस्त्र भी प्राप्त है । आप महान्, अनन्त और निःसीम धनके दाता होकर मेरे लिये अदाता न हों ।' [राजा—]

'तो गौतम ! तुम शास्त्रोक्त विधिसे उसे पानेकी इच्छा करो।' [गौतम—] 'अच्छा, मैं आपके प्रति शिष्यभावसे उपसन्न (प्राप्त) होता हूँ। पहले ब्राह्मणलोग वाणीसे ही क्षत्रियादिके प्रति उपसन्न होते रहे हैं।' इस प्रकार उपसत्तिका वाणीसे कथनमात्र करके गौतम वहाँ रहने लगा [सेवा आदिके द्वारा नहीं]। उस राजाने कहा, 'गौतम ! जिस प्रकार तुम्हारे पितामहोंने हमारे पूर्वजोंका अपराध नहीं माना, उसी प्रकार तुम भी हमारा अपराध न मानना। इससे पूर्व यह विद्या किसी ब्राह्मणके यहाँ नहीं रही। उसे मैं तुम्हारे ही प्रति कहता हूँ। भला, इस प्रकार विनयपूर्वक बोलनेवाले तुमको निषेध करनेमें (विद्या देनेसे अस्वीकार करनेमें) कौन समर्थ हो सकता है ?' ॥ ७-८ ॥

गौतम ! वह लोक (द्युलोक) ही अग्नि है। उसका आदित्य ही समिध् (ईंधन) है, किरणें धूम हैं, दिन ज्वाला है, दिशाएँ अङ्गार हैं, अवान्तर दिशाएँ विस्फुलिङ्ग (चिनगारियाँ) हैं। उस इस अग्निमें देवगण श्रद्धाको हवन करते हैं; उस आहुतिसे सोम राजा होता है। गौतम ! पर्जन्य-देवता ही अग्नि है। उसका संवत्सर ही समिध् है, बादल धूम हैं, विद्युत् ज्वाला है, अशनि (इन्द्रका वज्र) अङ्गार है, मेघ-गर्जन विस्फुलिङ्ग है। उस इस अग्निमें देवगण सोम राजाको हवन करते हैं। उस आहुतिसे वृष्टि होती है। गौतम ! यह लोक ही अग्नि है। इसकी पृथिवी ही समिध् है, अग्नि धूम है, रात्रि ज्वाला है, चन्द्रमा अङ्गार है और नक्षत्र विस्फुलिङ्ग हैं। उस इस अग्निमें देवता वृष्टिको होमते हैं, उस आहुतिसे अन्न होता है। गौतम ! पुरुष ही अग्नि है। उसका खुला हुआ मुख ही समिध् है, प्राण धूम है, वाक् ज्वाला है, नेत्र अङ्गार हैं, श्रोत्र विस्फुलिङ्ग हैं। उस इस अग्निमें देवगण अन्नको होमते हैं। उस आहुतिसे वीर्य होता है। गौतम ! स्त्री ही अग्नि है। उपस्थ ही उसकी समिध् है, लोम धूम हैं, योनि ज्वाला है, जो मैथुनव्यापार है वह अङ्गार है, आनन्दलेश विस्फुलिङ्ग है। उस इस अग्निमें देवगण वीर्य होमते हैं। उस आहुतिसे पुरुष उत्पन्न होता है। वह जीवित रहता है। जबतक कर्मशेष रहते हैं, वह जीवित रहता है; और जब मरता है, तब उसे अग्निके पास ले जाते हैं। उस (आहुतिभूत पुरुष) का अग्नि ही अग्नि होता है, समिध् समिध् होती है, धूम धूम होता है, ज्वाला ज्वाला होती है, अँगारे अङ्गार होते हैं और विस्फुलिङ्ग विस्फुलिङ्ग होते हैं। उस इस अग्निमें देवगण पुरुषको होमते हैं। उस आहुतिसे पुरुष अत्यन्त दीप्तिमान् हो जाता है ॥ ९-१४ ॥

वे जो [गृहस्थ] इस प्रकार इस (पञ्चाग्निविद्या) को जानते हैं तथा जो [संन्यासी या वानप्रस्थ] वनमें श्रद्धायुक्त होकर सत्य (सगुण ब्रह्म) की उपासना करते हैं, वे ज्योतिके अभिमानी देवताओंको प्राप्त होते हैं; ज्योतिके अभिमानी देवताओंसे दिनके अभिमानी देवताको, दिनके अभिमानी देवतासे शुक्लपक्षाभिमानी देवताको और शुक्लपक्षाभिमानी देवतासे जिन छः महीनोंमें सूर्य उत्तरकी ओर रहकर चलता है, उन उत्तरायणके छः महीनोंके अभिमानी देवताओंको [प्राप्त होते हैं]; षण्मासाभिमानी देवताओंसे देवलोकको, देवलोकसे आदित्यको और आदित्य-से विद्युत्सम्बन्धी देवताओंको प्राप्त होते हैं। उन वैद्युत देवोंके पास एक मानस पुरुष आकर इन्हें ब्रह्मलोकोंमें ले जाता है। वे उन ब्रह्मलोकोंमें अनन्त संवत्सरपर्यन्त रहकर [भगवान्-को प्राप्त हो जाते] हैं ! उनकी पुनरावृत्ति नहीं होती ॥१५॥

और जो [सकाम] यज्ञ, दान, तपके द्वारा लोकोंको जीतते हैं, वे धूम (धूमाभिमानी देवता) को प्राप्त होते हैं; धूमसे रात्रिदेवताको, रात्रिसे अपक्षीयमाणपक्ष (कृष्णपक्षाभिमानी देवता) को, अपक्षीयमाणपक्षसे जिन छः महीनोंमें सूर्य दक्षिणकी ओर होकर जाता है, उन छः मासके देवताओंको, छः मासके देवताओंसे पितृलोकको और पितृलोकसे चन्द्रमाको प्राप्त होते हैं। चन्द्रमामें पहुँचकर वे अन्न हो जाते हैं। वहाँ जैसे ऋत्विक्-गण सोम राजाको 'आप्यायस्व-अपक्षीयस्व' ऐसा कहकर चमसमें भरकर पी जाते हैं, उसी प्रकार इन्हें देवगण भक्षण कर जाते हैं। जब उनके कर्म क्षीण हो जाते हैं तो वे इस आकाशको ही प्राप्त होते हैं। आकाशसे वायुको, वायुसे वृष्टिको और वृष्टिसे पृथिवीको प्राप्त होते हैं। पृथिवीको प्राप्त होकर वे अन्न हो जाते हैं। फिर वे पुरुषरूप अग्निमें हवन किये जाते हैं। उससे वे लोकके प्रति उत्थान करनेवाले होकर स्त्रीरूप अग्निमें उत्पन्न होते हैं। वे इसी प्रकार पुनः-पुनः परिवर्तित होते रहते हैं और जो इन दोनों मार्गोंको नहीं जानते, वे कीट, पतंग और डाँस-मच्छर आदि होते हैं ॥ १६ ॥

तृतीय ब्राह्मण

मन्थविद्या और उसकी परम्परा

जो ऐसा चाहता हो कि मैं महत्त्व प्राप्त करूँ, वह उत्तरायणमें शुक्लपक्षकी पुण्य-तिथिपर बारह दिन उपसद्व्रती (पयोव्रती) होकर गूलरकी लकड़ीके कंस (कटोरे) या चमसमें सर्वौषध, फल तथा अन्य सामग्रियोंको एकत्रितकर, [जहाँ हवन करना हो, उस स्थानका] परिसमूहन* एवं परिलेपन† करके अग्निस्थापन करता है और फिर अग्निके चारों ओर कुशा बिछाकर गृह्योक्त विधिसे घृतका शोधन करके, जिसका नाम पुँल्लिङ्ग हो उस [हस्त आदि] नक्षत्रमें मन्थको (औषध-फल आदिके पिण्डको) [अपने और अग्निके] बीचमें रखकर हवन करता है। ['यावन्तो' इत्यादि प्रथम मन्त्रका अर्थ—] हे जातवेदः ! तेरे वशवर्ती जितने देवता वक्रमति होकर पुरुषकी कामनाओंका प्रतिबन्ध करते हैं, उनके उद्देश्यसे यह आज्यभाग मैं तुझमें हवन करता हूँ। वे तृप्त होकर मुझे समस्त कामनाओंसे तृप्त करें—स्वाहा‡। ['या तिरश्ची' इत्यादि द्वितीय मन्त्रका अर्थ—] 'मैं सबकी मृत्युको धारण करनेवाला हूँ' ऐसा समझकर जो कुटिलमति देवता तेरा आश्रय करके रहता है, सब साधनोंकी पूर्ति करनेवाले उस देवताके लिये मैं घृतकी धारासे यजन करता हूँ—स्वाहा ॥ १ ॥

'ज्येष्ठाय स्वाहा, श्रेष्ठाय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको (स्रुवामें बचे हुए घृतको) मन्थमें डाल देता है। 'प्राणाय स्वाहा, वसिष्ठायै स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'वाचे स्वाहा, प्रतिष्ठायै स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'चक्षुषे स्वाहा, सम्पदे स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'श्रोत्राय स्वाहा, आयतनाय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'मनसे स्वाहा, प्रजात्यै स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'रेतसे स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है ॥ २ ॥

'अग्नये स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'सोमाय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'भूः स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'भुवः स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'स्वः स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'भूर्भुवः स्वः स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'ब्रह्मणे स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'क्षत्राय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'भूताय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'भविष्यते स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'विश्वाय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'सर्वाय स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है। 'प्रजापतये स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें हवन करके संस्रवको मन्थमें डाल देता है ॥ ३ ॥

इसके पश्चात् उस मन्थको 'भ्रमदसि' इत्यादि मन्त्रद्वारा स्पर्श करता है। [मन्थद्रव्यका अधिष्ठातृदेव प्राण है, इसलिये प्राणसे एकरूप होनेके कारण वह सर्वात्मक है। 'भ्रमदसि' इत्यादि मन्त्रका अर्थ इस प्रकार है—] तू [प्राणरूपसे सम्पूर्ण देहोंमें] घूमनेवाला है, [अग्निरूपसे सर्वत्र] प्रज्वलित होनेवाला है, [ब्रह्मरूपसे] पूर्ण है, [आकाशरूपसे] अत्यन्त स्तब्ध (निष्कम्प) है, [सबसे अविरोधी होनेके कारण] तू यह जगद्रूप एक सभाके समान है, तू ही [यज्ञके आरम्भमें प्रस्तोताके द्वारा] हिङ्कृत है, तथा [उसी प्रस्तोताद्वारा यज्ञमें] तू ही हिङ्क्रियमाण है, [यज्ञारम्भमें उद्गाताद्वारा] तू ही उच्च स्वरसे गाया जानेवाला उद्गीथ है और [यज्ञके मध्यमें उसके द्वारा] तू ही उद्गीयमान है। तू ही [अध्वर्युद्वारा] श्रावित और [आग्नीध्रद्वारा] प्रत्याश्रावित है; आर्द्र (अर्थात् मेघ) में सम्यक् प्रकारसे दीप्त है, तू विभु (विविधरूप होनेवाला) है और प्रभु (समर्थ) है, तू [भोक्ता अग्निरूपसे] ज्योति है, [कारणरूपसे] सबका प्रलयस्थान है तथा [सबका संहार करनेवाला होनेसे] संवर्ग है ॥ ४ ॥

फिर 'आमस्यसि आमस्यहि' इत्यादि मन्त्रसे इसे ऊपर उठाता है। [इस मन्त्रका अर्थ—] 'आमंसि'—तू सब जानता है,

* कुशोंसे बुहारना।

† गोबर और जलसे वेदीको लीपना।

‡ जहाँ-जहाँ 'स्वाहा' आये, वहाँ आहुति देनी चाहिये।

'आमंहि ते महि'—मैं तेरी महिमाको अच्छी तरह जानता हूँ। वह प्राण राजा, ईशान (ईश्वर) और अधिपति है। वह मुझे राजा, ईशान और अधिपति करे ॥ ५ ॥

इसके पश्चात् 'तत्सवितुर्वरेण्यम्' इत्यादि मन्त्रसे इस मन्थको भक्षण करता है। ['तत्सवितुः' इत्यादि मन्त्रका अर्थ—] 'तत्सवितुर्वरेण्यम्'—सूर्यके उस वरेण्य—श्रेष्ठ पदका मैं ध्यान करता हूँ। 'वाता मधु ऋतायते'—पवन मधुर, मन्द गतिसे बह रहा है। 'सिन्धवः मधु क्षरन्ति'—नदियाँ मधु-रसका स्राव कर रही हैं। 'नः ओषधीः माध्वीः सन्तु'—हमारे लिये ओषधियाँ मधुर हों। 'भूः स्वाहा' [यहाँतकके मन्त्रसे मन्थका पहला ग्रास भक्षण करे।] 'देवस्य भर्गः धीमहि'—हम सवितादेवके तेजका ध्यान करते हैं। 'नक्तमुत उषसः मधु'—रात और दिन सुखकर हों। 'पार्थिवं रजः मधुमत्'—पृथिवीके धूलिकण उद्वेग न करनेवाले हों। 'द्यौः पिता नः मधु अस्तु'—पिता द्युलोक हमारे लिये सुखकर हो। 'भुवः स्वाहा' [यहाँतकके मन्त्रसे दूसरा ग्रास भक्षण करे]। 'यः नः धियः प्रचोदयात्'—जो सवितादेव हमारी बुद्धियोंको प्रेरित करता है। 'नः वनस्पतिः मधुमान्'—हमारे लिये वनस्पति (सोम) मधुर रसमय हो। 'सूर्यः मधुमान् अस्तु'—सूर्य हमारे लिये मधुमान् हो। 'गावः नः माध्वीः भवन्तु'—किरणें अथवा दिशाएँ हमारे लिये सुखकर हों। 'स्वः स्वाहा' [यहाँतकके मन्त्रसे तृतीय ग्रास भक्षण करे]। इसके पश्चात् सम्पूर्ण सावित्री (गायत्रीमन्त्र), 'मधु वाता ऋतायते' इत्यादि समस्त मधुमती ऋचा और 'अहमेवेदं सर्वं भूयासम्' (यह सब मैं ही हो जाऊँ) 'भूर्भुवः स्वाहा'—इस प्रकार कहकर अन्तमें समस्त मन्थको भक्षण-कर, दोनों हाथ धो, अग्निके पश्चिम भागमें पूर्वकी ओर सिर करके बैठता है। प्रातःकालमें 'दिशामेकपुण्डरीकमस्यहं ..... भूयासम्' इस मन्त्रद्वारा आदित्यका उपस्थान (नमस्कार) करता है। फिर जिस मार्गसे गया होता है, उसीसे लौटकर अग्निके पश्चिम भागमें बैठकर [आगे कहे जानेवाले] वंशको जपता है ॥ ६ ॥

उस इस मन्थका उद्दालक आरुणिने अपने शिष्य वाजसनेय याज्ञवल्क्यको उपदेश करके कहा था, 'यदि कोई इस मन्थको सूखे ठूँठपर डाल देगा तो उसमें शाखाएँ उत्पन्न हो जायँगी और पत्ते निकल आवेंगे।' उस इस मन्थका वाजसनेय याज्ञवल्क्यने अपने शिष्य मधुक पैङ्ग्यको उपदेश करके कहा था, यदि कोई इसे सूखे ठूँठपर डाल देगा तो उसमें शाखाएँ उत्पन्न हो जायँगी और पत्ते निकल आवेंगे।' उस इस मन्थका मधुक पैङ्ग्यने अपने शिष्य चूल भागवित्तिको उपदेश करके कहा था, 'यदि कोई इसे सूखे ठूँठपर डाल देगा तो उसमें शाखाएँ उत्पन्न हो जायँगी और पत्ते निकल आवेंगे।'

उस इस मन्थका चूल भागवित्तिने अपने शिष्य जानकि आयस्थूणको उपदेश करके कहा था, 'यदि कोई इसे सूखे ठूँठपर डाल देगा तो उसमें शाखाएँ उत्पन्न हो जायँगी और पत्ते निकल आवेंगे।' उस इस मन्थका जानकि आयस्थूणने अपने शिष्य सत्यकाम जाबालको उपदेश करके कहा था, 'यदि कोई इसे सूखे ठूँठपर डाल देगा तो उसमें शाखाएँ उत्पन्न हो जायँगी और पत्ते निकल आवेंगे।' उस इस मन्थका सत्यकाम जाबालने अपने शिष्योंको उपदेश करके कहा था, 'यदि कोई इसे सूखे ठूँठपर डाल देगा तो उसमें शाखाएँ उत्पन्न हो जायँगी और पत्ते निकल आवेंगे।' उस इस मन्थका, जो पुत्र या शिष्य न हो, उसे उपदेश न करे ॥ ७–१२ ॥

यह मन्थकर्म चतुरौदुम्बर (चार औदुम्बरकाष्ठके बने पदार्थोंवाला) है। इसमें औदुम्बरकाष्ठ (गूलरकी लकड़ी) का स्रुव, औदुम्बरकाष्ठका चमस, औदुम्बरकाष्ठका इध्म और औदुम्बरकाष्ठकी दो उपमन्थनी होती हैं। इसमें व्रीहि (धान), यव (जौ), तिल, माष (उड़द), अणु (सावाँ), प्रियङ्गु (काँगनी), गोधूम (गेहूँ), मसूर, खल्व (बाल) और खलकुल (कुलथी)—ये दस ग्रामीण अन्न उपयुक्त होते हैं। उन्हें पीसकर दही, मधु और घृतमें मिलाकर घृतसे हवन करता है ॥ १३ ॥

चतुर्थ ब्राह्मण

सन्तानोत्पत्ति-विज्ञान

(इच्छानुसार सद्गुणयुक्त सन्तान उत्पन्न करने, सर्वथा न उत्पन्न करने तथा संयमयुक्त जीवन-निर्माण करनेकी युक्ति बतलानेके लिये इस ब्राह्मणका आरम्भ किया जाता है; मन्थाख्य कर्मकर्ता प्राणदर्शी पुरुषका ही इसमें अधिकार है।)

चराचर समस्त भूतोंका रस—सार अथवा आधार पृथिवी है, पृथिवीका रस जल है, जलका रस—उसपर निर्भर करनेवाली ओषधियाँ हैं, ओषधियोंका रस—सार पुष्प है, पुष्पका रस फल है, फलका रस—आधार पुरुष है, पुरुषका रस—सार

१. तू दिशाओंका एक पुण्डरीक (अर्थात् अखण्ड श्रेष्ठ) है, मैं मनुष्योंमें एक पुण्डरीक होऊँ।

शुक्र है। प्रसिद्ध प्रजापतिने विचार किया कि इस शुक्रकी उपयुक्त प्रतिष्ठाके लिये कोई आधार चाहिये; इसलिये उसने स्त्रीकी सृष्टि की और उसके अधोभाग-सेवनका विधान किया। (यहाँ यदि यह कहा जाय कि इस पाशविक क्रियामें तो प्राणिमात्रकी स्वाभाविक प्रवृत्ति है, इसके लिये विधान क्यों किया गया, तो इसका उत्तर यह है कि यह विधान इसीलिये बनाया गया कि जिसमें पुरुषोंकी स्वेच्छाचारिताका निरोध हो और इस विज्ञानसे परिचित पुरुषोंके द्वारा केवल श्रेष्ठ सन्तानोत्पत्तिके लिये ही इसका सेवन किया जाय।) इसके लिये प्रजापतिने प्रजननेन्द्रियको उत्पन्न किया। अतएव इस विषयसे घृणा नहीं करनी चाहिये। अरुणके पुत्र विद्वान् उद्दालक और नाक-मौद्गल्य तथा कुमारहारीत ऋषिने भी कहा है कि बहुत-से ऐसे मरणधर्मा, नामके ब्राह्मण हैं जो निरिन्द्रिय, सुकृतहीन, मैथुन-विज्ञानसे अपरिचित होकर भी मैथुन-कर्ममें आसक्त होते हैं; उनकी परलोकमें दुर्गति होती है। (इससे अशास्त्रीय तथा अबाध मैथुन-कर्मका पापहेतुत्व सूचित किया गया है।)

इस प्रकार मन्थ-कर्म करके ब्रह्मचर्यधारणपूर्वक पुरुषको पत्नीके ऋतुकालकी प्रतीक्षा करनी चाहिये। यदि इस बीचमें स्वप्नदोषादिके द्वारा शुक्र क्षरण हो जाय तो उसकी पुनः प्राप्ति तथा वृद्धिके लिये **'यन्मेऽद्य रेतः पृथिवीमस्कान्त्सीद्यदोषधीरप्यसरद्यदपः, इदमहं तद्रेत आददे।'** तथा **'पुनर्मामैत्विन्द्रियं पुनस्तेजः पुनर्भगः। पुनरग्निर्धिष्ण्या यथास्थानं कल्पन्ताम्।'** इन मन्त्रोंका पाठ करे। (इससे स्वप्नदोषादि व्याधियोंका नाश होता है।)

यदि कदाचित् जलमें अपनी छाया दीख जाय तो **'मयि तेज इन्द्रियं यशो द्रविणꣳ सुकृतम्।'** (मुझे तेज, इन्द्रिय-शक्ति, यश, धन और पुण्यकी प्राप्ति हो) इस मन्त्रको पढ़े। ऋतु-कालकी तीन रात बीतनेपर जब पत्नी स्नान करके शुद्ध हो जाय, तब 'स्त्रियोंमें मेरी यह पत्नी लक्ष्मीके समान है, इसलिये निर्मल वस्त्र पहने हुए है' यह विचारकर उस यशस्विनी पत्नीके समीप जाकर 'हम दोनों सन्तानोत्पादनके लिये क्रिया करेंगे' कहकर आमन्त्रण करे। लज्जा अथवा हठवश स्त्री यदि मिथुन-धर्मके लिये अस्वीकार करे तो उसे आभरणादिद्वारा तथा अभिशापादि-द्वारा प्रेरित करे। पुरुषके **'इन्द्रियेण ते यशसा यश आददे'** इस मन्त्रयुक्त अभिशापसे स्त्री अयशस्विनी—वन्ध्या हो जाती है। परंतु यदि स्त्री अपने स्वामीकी अभिलाषा पूर्ण करती है तो स्वामीके **'इन्द्रियेण ते यशसा यश आदधामि'** इस मन्त्रपाठपूर्वक उपगत होनेसे पत्नी निश्चय ही यशस्विनी—पुत्रवती होती है। मन्थोपासक अपनी पत्नीको कामनापरायण करना चाहे तो उस समय वह **'अङ्गादङ्गात् सम्भवसि हृदयादधिजायसे। स त्वमङ्गकषायोसि दिग्धविद्धमिव मादयेमाममूं मयि।'** मन्त्र-का जप करे।

यदि किसी कारणवश गर्भनिरोधकी आवश्यकता हो तो उस समय **'इन्द्रियेण ते रेतसा रेत आददे'** मन्त्रका जाप करे। ऐसा करनेपर पत्नी गर्भवती नहीं होगी * और यदि यह इच्छा हो कि पत्नी गर्भधारण करे तो उस समय **'इन्द्रियेण ते रेतसा रेत आदधामि'** इस मन्त्रका पाठ करे; इससे वह निश्चय ही गर्भवती हो जायगी।

यदि कभी अपनी भार्याके साथ किसी जारका सम्बन्ध हो जाय और उसे दण्ड देना हो तो पहले कच्ची मिट्टीके बरतनमें अग्नि स्थापन करके समस्त कर्मोंको विपरीत रीतिसे करे और कुछ सरके तिनकोंके अग्रभागको घीमें भिगोकर विपरीत क्रमसे ही उनका होम करे। आहुतिके पहले **'मम समिद्धेऽहौषीः प्राणापानौ त आददेऽसौ'** आदि मन्त्रोंका पाठ करके अन्तमें प्रत्येक बार 'असौ' बोलकर उसका नाम ले। इस प्रकार करनेसे वह पुण्य-से स्खलित होकर मृत्युको प्राप्त हो जाता है।

ऋतुमती पत्नीका त्रिरात्र ब्रह्म (तीन रात्रियोंका पृथक् निवासादि) समाप्त होनेपर स्नान करनेके बाद उसे धान कूटना आदि गृहस्थीका काम करना चाहिये। तीन दिनोंतक उसे अलग रहना चाहिये, किसीका स्पर्श नहीं करना चाहिये।

जो पुरुष चाहता हो कि मेरा पुत्र गौरवर्ण हो, एक वेदका अध्ययन करनेवाला हो और पूरे सौ वर्षोंतक जीवित रहे, उसको दूध-चावलकी खीर बनाकर उसमें घी मिलाकर पत्नी-सहित खाना चाहिये। जो कपिलवर्ण, दो वेदोंका अध्ययन करनेवाला और पूर्णायु पुत्र चाहता हो, उसको दहीमें चावल पकाकर पत्नीसहित खाना चाहिये। जो श्यामवर्ण, रक्तनेत्र, वेदत्रयीका अध्ययन करनेवाले, पूर्णायु पुत्रकी इच्छा करता हो, उसे जलमें चावल (भात) पकाकर घी मिलाकर पत्नीसहित खाना चाहिये। जो चाहता हो कि मेरे पूर्ण आयुवाली विदुषी कन्या हो, उसे तिल-चावलकी खिचड़ी बनाकर पत्नी-सहित खाना चाहिये। और जो चाहता हो कि मेरा पुत्र

* आजकल गर्भनिरोधके लिये कैसी-कैसी तामसी क्रियाएँ की जाती हैं; पर ये होती हैं प्रायः असंयमकी वृद्धिके लिये। और यह वैदिक प्रक्रिया थी अपनी धर्मपत्नीको कभी गर्भधारण न कराना हो तो उसके लिये। संयमी पुरुष ही ऐसा कर सकते थे।

प्रसिद्ध पण्डित, वेदवादियोंकी सभामें जानेवाला, सुन्दर वाणी बोलनेवाला, सम्पूर्ण वेदोंका अध्ययन करनेवाला और पूर्ण आयुष्मान् हो, वह उड़द-चावलकी खिचड़ी पकाकर उसमें 'उक्षन्'* अथवा 'ऋषभ'† नामक बल-वीर्यवर्द्धक ओषधि मिलाकर घृतसहित पति-पत्नी दोनों भोजन करें।

गर्भाधान करनेवालेको प्रातःकाल ही स्थालीपाकविधिके अनुसार घीका संस्कार (शोधन) करके और चरुपाक बनाकर **'अग्नये स्वाहा', 'अनुमतये स्वाहा'** एवं **'देवाय सवित्रे सत्यप्रसवाय स्वाहा'** इन मन्त्रोंसे अग्निमें आहुतियाँ देनी चाहिये। होम समाप्त करके चरुमें बचा हुआ भोजन करके शेष पत्नीको भोजन कराना चाहिये। फिर हाथ धोकर जलका कलश भरके **'उत्तिष्ठातोविश्वावसोऽन्यामिच्छ प्रपूर्व्यां सं जायां पत्या सह'** मन्त्रके द्वारा पत्नीका तीन बार अभ्युक्षण (अभिषेचन) करना चाहिये।

तदनन्तर पति अपनी कामनाके अनुसार पत्नीको भोजन कराके शयनके समय बुलाकर कहे कि "देखो, मैं अम (प्राण) हूँ और तुम प्राणरूप मेरे अधीन वाक् हो। मैं साम हूँ और तुम सामका आधाररूप ऋक् हो, मैं आकाश हूँ और तुम पृथिवी हो। अतएव आओ, तुम-हम दोनों मिलें, जिससे हमें पुत्र-सन्तान और तदनुगत धनकी प्राप्ति हो। इसके पश्चात् 'द्यावा पृथिवी' इत्यादि मन्त्रसे सम्बोधन करके 'विष्णुर्योनिं' इत्यादि मन्त्रके अनुसार प्रार्थना करे "भगवान् विष्णु तुम्हारी जननेन्द्रियको पुत्रोत्पादनमें समर्थ करें, त्वष्टा सूर्य रूपोंको दर्शन-योग्य करें, विराट् पुरुष प्रजापति रेतःसेचन करायें, सूत्रात्मा विधाता तुममें अभिन्नभावसे स्थित होकर गर्भ धारण करें। सिनीवाली नामकी अत्यन्त सुन्दर देवता तुममें अभेदरूपसे एवं पृथुष्टुका नामकी महान् स्तुतिशाली देवता भी तुममें हैं। मैं उनसे प्रार्थना करता हूँ कि 'हे सिनीवालि! हे पृथुष्टुके! तुम इस गर्भको धारण करो।' दोनों अश्विनीकुमार अथवा चन्द्र-सूर्य तुम्हारे साथ रहकर इस गर्भको धारण करें।"

"दोनों अश्विनीकुमार हिरण्मय दो अरणियोंके द्वारा मन्थन करते हैं। मैं दसवें मासमें प्रसव होनेके लिये गर्भाधान करता हूँ। पृथ्वी जैसे अग्निगर्भा है, आकाश जैसे सूर्यके द्वारा गर्भवती है, दिशाएँ जैसे वायुके द्वारा गर्भवती हैं, मैं तुमको उसी प्रकार गर्भ अर्पण करके गर्भवती करता हूँ।" यों कहकर गर्भाधान करे।

तदनन्तर सुखपूर्वक प्रसव हो जाय, इसके लिये 'यथावायुः' इत्यादि मन्त्रके द्वारा आसन्नप्रसवा पत्नीका अभिषेचन करे और कहे—'जैसे वायु पुष्करिणीको सब ओरसे हिला देता है, वैसे ही तुम्हारा गर्भ भी अपने स्थानसे खिसककर जेरके साथ बाहर निकल आये। तुम्हारे तेजस्वी गर्भका मार्ग रुका हुआ है और चारों ओर जेरसे घिरा है। गर्भके साथ उस जेरको

---

* 'उक्षन्' शब्दके कोषमें दो प्रकारके अर्थ मिलते हैं। कलकत्तेसे प्रकाशित 'वाचस्पत्य' नामक बृहत् संस्कृताभिधानमें उसे अष्टवर्गान्तर्गत 'ऋषभ' नामक ओषधिका पर्याय माना गया है—'ऋषभौषधौ च'। प्रसिद्ध अंग्रेज विद्वान् सर मोनियर विलियम्सने अपने बृहत् संस्कृत-अंग्रेजी कोषमें इसे 'सोम' नामक पौधेका पर्याय माना है।

† 'ऋषभ' नामक ओषधिका आयुर्वेदके अत्यन्त प्राचीन एवं प्रामाणिक ग्रन्थ 'सुश्रुत-संहिता' के 'सूत्रस्थान' नामक प्रथम खण्डके ३८ वें अध्यायमें (जो द्रव्यसंग्रहणीयाध्याय भी कहलाता है) सैंतीस द्रव्यगणोंके अन्तर्गत उल्लेख हुआ है। 'भावप्रकाश' नामक प्रसिद्ध संग्रह-ग्रन्थमें उसका वर्णन इस रूपमें आया है—

जीवकर्षभकौ श्वेतौ हिमाद्रिशिखरोद्भवौ।
रसोनकन्दवत्कन्दौ निःसारौ सूक्ष्मपत्रकौ॥
.....ऋषभो वृषशृङ्गवत्।
... ...॥
ऋषभो वृषभो वीरो विषाणी ब्राह्म इत्यपि।
जीवकर्षभकौ वल्यौ शीतौ शुक्रकफप्रदौ।
मधुरौ पित्तदाहघ्नौ काशवातक्षयावहौ॥

'जीवक और ऋषभक (ऋषभ) नामकी ओषधियाँ हिमालयके शिखरपर उत्पन्न होती हैं। उनकी जड़ लहसुनके सदृश होती है। दोनोंमें ही गूदा नहीं होता, केवल त्वचा होती है; दोनोंमें छोटी-छोटी पत्तियाँ होती हैं। इनमेंसे ऋषभ बैलके सींगकी आकृतिका होता है। इसके दूसरे नाम हैं—वृषभ, वीर, विषाणी, ब्राह्म आदि। जीवक और ऋषभ दोनों ही बलकारक, शीतवीर्य, वीर्य और कफ बढ़ानेवाले, मधुर, पित्त और दाहका शमन करनेवाले तथा खाँसी, वायु एवं यक्ष्माको दूर करनेवाले हैं।

ऋषभकी प्रसिद्ध अष्टवर्ग नामक ओषधियोंमें गणना है। भावप्रकाशकार लिखते हैं—

जीवकर्षभकौ मेदे काकोल्यौ ऋद्धिवृद्धिके।
अष्टवर्गोऽष्टभिर्द्रव्यैः कथितश्चरकादिभिः॥

भी निकाल बाहर करें; और गर्भ निकलनेके समय जो मांस-पेशी बाहर निकला करती है, वह भी निकल जाय।'

पश्चात् पुत्रका जन्म हो जानेपर अग्निस्थापन करके पुत्रको गोदमें ले और आज्यस्थालीमें दही मिला हुआ घृत रखकर उसे थोड़ा-थोड़ा लेकर यह कहता हुआ बार-बार अग्निमें होम करे कि 'इस अपने घरमें मैं पुत्ररूपसे बढ़कर सहस्रों मनुष्योंका पालन करूँ; मेरे इस पुत्रके वंशमें सन्तान-लक्ष्मी तथा पशु-सम्पत्ति लगातार बनी रहे; मुझमें (पितामें) जो प्राण (इन्द्रियाँ) हैं, वे सभी मन-ही-मन मैं तुम्हें (पुत्रको) दे रहा हूँ; मेरे इस कर्ममें कोई न्यूनाधिकता हो गयी हो तो विद्वान् एवं वाञ्छापूरक अग्नि उसे पूर्ण कर दें।'

तदनन्तर पिता बालकके दाहिने कानमें अपना मुख लगाकर 'वाक्, वाक्, वाक्' इस प्रकार तीन बार जप करे। तदनन्तर दधि, मधु और घृत मिलाकर पास ही रक्खे हुए सोनेके पात्रके द्वारा क्रमशः—

'भूस्ते दधामि', 'भुवस्ते दधामि', 'स्वस्ते दधामि', 'भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामि'

—यों कहकर चार बार उसे चटाये। फिर पिता उस पुत्रका 'वेदोऽसि' बोलकर 'नामकरण' करे—'वेद' यह नाम रक्खे। उसका यह नाम अत्यन्त गोपनीय होता है। इसे सर्वसाधारणमें प्रकट नहीं करना चाहिये। इसके बाद गोदमें स्थित उस शिशुको माताकी गोदमें रखकर तथा स्तन देकर इस मन्त्रका पाठ करे—

'यस्ते स्तनः शशयो यो मयोभूर्यो रत्नधा वसुविद्यः सुदत्रः। येन विश्वा पुष्यसि वार्याणि सरस्वति तमिह धातवेऽकः।'

अर्थात् 'हे सरस्वति! तुम्हारा जो स्तन दूधका अक्षय भंडार तथा पोषणका आधार है, जो रत्नोंकी खान है तथा सम्पूर्ण धन-राशिका ज्ञाता एवं उदार दानी है, और जिसके द्वारा तुम समस्त वरणीय पदार्थोंका पोषण करती हो; तुम इस सत्पुत्रके जीवन-धारणार्थ उस स्तनको मेरी भार्यामें प्रविष्ट करा दो।'

तदनन्तर बालककी माताको इस प्रकार अभिमन्त्रित करे—उसे सम्बोधन करके कहे, 'तुम ही स्तुतिके योग्य मैत्रावरुणी (अरुन्धती) हो; हे वीरे! तुमने वीर पुत्रको जन्म देकर हमें वीरवान्—वीर पुत्रका पिता बनाया है; अतः तुम वीरवती होओ। इसे लोग कहें—तू सचमुच अपने पितासे भी आगे बढ़ गया; तू निस्सन्देह अपने पितामहसे भी श्रेष्ठ निकला।'

इस प्रकारके विशिष्ट ज्ञानसम्पन्न ब्राह्मणके जो पुत्र होता है, वह श्री, यश और ब्रह्मतेजके द्वारा सर्वोच्च स्थितिको प्राप्त कर लेता है॥ १—२८॥

पञ्चम ब्राह्मण

समस्त प्रवचनकी परम्पराका वर्णन

अब वंश (परम्परा)का वर्णन किया जाता है—पौतिमाषीपुत्रने कात्यायनीपुत्रसे, कात्यायनीपुत्रने गौतमीपुत्रसे, गौतमीपुत्रने भारद्वाजीपुत्रसे, भारद्वाजीपुत्रने पाराशरीपुत्रसे, पाराशरीपुत्रने औपस्वस्तीपुत्रसे, औपस्वस्तीपुत्रने पाराशरीपुत्रसे, पाराशरीपुत्रने कात्यायनीपुत्रसे, कात्यायनीपुत्रने कौशिकीपुत्रसे, कौशिकीपुत्रने आलम्बीपुत्रसे और वैयाघ्रपदीपुत्रसे, वैयाघ्रपदीपुत्रने काण्वीपुत्रसे तथा कापीपुत्रसे, कापीपुत्रने आत्रेयीपुत्रसे, आत्रेयीपुत्रने गौतमीपुत्रसे, गौतमीपुत्रने भारद्वाजीपुत्रसे, भारद्वाजीपुत्रने पाराशरीपुत्रसे, पाराशरीपुत्रने वात्सीपुत्रसे, वात्सीपुत्रने पाराशरीपुत्रसे, पाराशरीपुत्रने वार्कारुणीपुत्रसे, वार्कारुणीपुत्रने वार्कारुणीपुत्रसे, वार्कारुणीपुत्रने आर्तभागीपुत्रसे, आर्तभागीपुत्रने शौङ्गीपुत्रसे, शौङ्गीपुत्रने साङ्कृतीपुत्रसे, साङ्कृतीपुत्रने आलम्बायनीपुत्रसे, आलम्बायनीपुत्रने आलम्बीपुत्रसे, आलम्बीपुत्रने जायन्तीपुत्रसे, जायन्तीपुत्रने माण्डूकायनीपुत्रसे, माण्डूकायनीपुत्रने माण्डूकीपुत्रसे, माण्डूकीपुत्रने शाण्डिलीपुत्रसे, शाण्डिलीपुत्रने राथीतरीपुत्रसे, राथीतरीपुत्रने भालुकीपुत्रसे, भालुकीपुत्रने दो कौञ्चिकीपुत्रोंसे, दोनों कौञ्चिकीपुत्रोंने वैदभृतीपुत्रसे, वैदभृतीपुत्रने कार्शकेयीपुत्रसे, कार्शकेयीपुत्रने प्राचीनयोगीपुत्रसे, प्राचीनयोगीपुत्रने साञ्जीवीपुत्रसे, साञ्जीवीपुत्रने आसुरिवासी प्राश्नीपुत्रसे, प्राश्नीपुत्रने आसुरायणसे; आसुरायणने आसुरिसे, आसुरिने याज्ञवल्क्यसे, याज्ञवल्क्यने उद्दालकसे, उद्दालकने अरुणसे, अरुणने उपवेशिसे, उपवेशिने कुशिसे, कुशिने वाजश्रवासे, वाजश्रवाने जिह्वावान् बाध्योगसे, जिह्वावान् बाध्योगने असित वार्षगणसे, असित वार्षगणने हरित कश्यपसे, हरित कश्यपने शिल्प कश्यपसे, शिल्प कश्यपने कश्यप

नैध्रुविसे, कश्यप नैध्रुविने वाक्‌से, वाक्‌ने अम्भिणीसे, अम्भिणीने आदित्यसे, आदित्यसे प्राप्त हुई ये शुक्लयजुःश्रुतियाँ वाजसनेय याज्ञवल्क्यद्वारा प्रसिद्ध की गयीं । साङ्जीवी पुत्रपर्यन्त यह एक ही वंश है । साङ्जीवीपुत्रने माण्डूकायनिसे, माण्डूकायनिने माण्डव्यसे, माण्डव्यने कौत्ससे, कौत्सने माहित्थिसे, माहित्थिने वामकक्षायणसे, वामकक्षायणने शाण्डिल्यसे, शाण्डिल्यने वात्स्यसे, वात्स्यने कुश्रिसे, कुश्रिने यज्ञवचा राजस्तम्बायनसे, यज्ञवचा राजस्तम्बायनने तुर कावषेयसे, तुर कावषेयने प्रजापतिसे और प्रजापतिने ब्रह्मसे । ब्रह्म स्वयम्भू है, स्वयम्भू ब्रह्मको नमस्कार है ॥ १–४ ॥

॥ षष्ठ अध्याय समाप्त ॥ ६ ॥

॥ शुक्लयजुर्वेदीय बृहदारण्यकोपनिषद् समाप्त ॥

॥ ॐ तत्सत् ॥

शान्तिपाठ

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

इसका अर्थ ईशावास्योपनिषद्के प्रारम्भमें दिया जा चुका है



॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कौषीतकिब्राह्मणोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

इसका अर्थ ऐतरेयोपनिषद्के आरम्भमें छप चुका है ।

प्रथम अध्याय

पर्यङ्क-विद्या

गर्गके प्रपौत्र सुप्रसिद्ध महात्मा चित्र यज्ञ करनेवाले थे । इसके लिये उन्होंने अरुणके पुत्र उद्दालकको प्रधान ऋत्विक्के रूपमें वरण किया । परंतु उन प्रसिद्ध उद्दालक मुनिने स्वयं न पधारकर अपने पुत्र श्वेतकेतुको भेजा और कहा—'वत्स ! तुम जाकर चित्रका यज्ञ कराओ ।' श्वेतकेतु यज्ञमें पधारकर एक ऊँचे आसनपर विराजमान हुए । उन्हें आसनपर बैठे देख चित्रने पूछा—'गौतम-कुमार ! इस लोकमें कोई ऐसा आवृत (आवरणयुक्त) स्थान है, जिसमें मुझे ले जाकर रक्खोगे ? अथवा कोई उससे भिन्न—सर्वथा विलक्षण आवरण-शून्य पद है, जिसे जानकर तुम उसी लोकमें मुझे स्थापित करोगे ?'

श्वेतकेतुने कहा—'मैं यह सब नहीं जानता । किंतु यह प्रश्न सुनकर मुझे प्रसन्नता हुई है । मेरे पिता आचार्य हैं—वे शास्त्रके गूढ अर्थका ज्ञान रखते, दूसरे लोगोंको शास्त्रीय आचारमें लगाते और स्वयं भी शास्त्रके अनुकूल ही आचरण करते हैं; अतः उन्हींसे यह बात पूछूँगा ।' यों कहकर वे अपने पिता आरुणि (उद्दालक) के पास गये और प्रश्नको सामने रखते हुए बोले—'पिताजी ! चित्रने इस-इस प्रकारसे मुझसे प्रश्न किया है । सो इसके सम्बन्धमें मैं किस प्रकार उत्तर दूँ ?' उद्दालकने कहा—'वत्स ! मैं भी इस प्रश्नका उत्तर नहीं जानता । अब हमलोग महाभाग चित्रकी यज्ञशालामें ही इस तत्त्वका अध्ययन करके इस विद्याको प्राप्त करेंगे । जब दूसरे लोग हमें विद्या और धन देते हैं तो चित्र भी देंगे ही । इसलिये आओ, हम दोनों चित्रके पास चलें ।'

वे प्रसिद्ध आरुणि मुनि हाथमें समिधा ले जिज्ञासुके वेषमें गर्गके प्रपौत्र चित्रके यहाँ गये । 'मैं विद्या ग्रहण करनेके लिये तुम्हारे पास आया हूँ' इस भावनाको व्यक्त करते हुए उन्होंने चित्रके समीप गमन किया । उन्हें इस प्रकार आया देख चित्रने कहा—'गौतम ! तुम ब्राह्मणोंमें पूजनीय एवं ब्रह्मविद्याके अधिकारी हो; क्योंकि मेरे-जैसे क्षुद्र व्यक्तिके पास आते समय तुम्हारे मनमें अपने बड़प्पनका अभिमान नहीं हुआ है । इसलिये आओ, तुम्हें निश्चय ही इस पूछे हुए विषयका स्पष्ट ज्ञान कराऊँगा' ॥ १ ॥

सुप्रसिद्ध यज्ञकर्ता चित्रने इस प्रकार उपदेश आरम्भ किया—ब्रह्मन् ! जो कोई भी अग्निहोत्रादि सत्कर्मोंका अनुष्ठान करनेवाले लोग हैं, वे सब-के-सब जब इस लोकसे प्रयाण करते हैं तो (क्रमशः धूम, रात्रि, कृष्णपक्ष और दक्षिणायन आदिके अभिमानी देवताओंके अधिकारमें होते हुए अन्ततोगत्वा) चन्द्रलोक अर्थात् स्वर्गमें ही जाते हैं । उनके प्राणों (इन्द्रियों और प्राणों) से चन्द्रमा शुक्लपक्षमें पुष्टिको प्राप्त होते हैं । वे (चन्द्रमा) कृष्णपक्षमें उन स्वर्गवासी जीवोंकी तृप्ति नहीं कर पाते ।

निश्चय ही यह स्वर्गलोकका द्वार है, जो कि चन्द्रमाके नामसे प्रसिद्ध है। जो अधिकारी (दैवी-सम्पत्तिसे युक्त होनेके कारण) उस स्वर्गरूपी चन्द्रमाका प्रत्याख्यान कर देता है अर्थात् जहाँसे पुनः नीचे गिरना पड़ता है, ऐसा स्वर्गलोक मुझे नहीं चाहिये—इस प्रकार दृढ़ निश्चय करके जो निष्काम धर्मका अनुष्ठान करते हुए चन्द्रलोकको त्याग देता है, उस पुरुषको उसका वह शुभ संकल्प चन्द्रलोकसे भी ऊपर नित्य ब्रह्मलोकमें पहुँचा देता है। परंतु जो स्वर्गीय सुखके प्रति ही आसक्त होनेके कारण उस चन्द्रलोकको अस्वीकार नहीं करता, उस सकामकर्मी स्वर्गवासी-को, उसके पुण्य-भोगकी समाप्ति होनेपर, देववर्ग वृष्टिके रूपमें परिणत करके इस लोकमें ही पुनः बरसा देता है।

वह वर्षाके रूपमें यहाँ आया हुआ अनुशयी जीव अपनी पूर्व-वासनाके अनुसार कीट अथवा पतङ्ग या पक्षी, अथवा व्याघ्र या सिंह अथवा मछली, या साँप-बिच्छू अथवा मनुष्य या दूसरा कोई जीव होकर इनके अनुकूल शरीरोंमें अपने कर्म और विद्या—उपासनाके अनुसार जहाँ-कहीं उत्पन्न होता है।

(इस प्रकार संसारकी स्वर्ग-नरकरूपा दुर्गतिको समझ-कर जो उससे विरक्त हो चुका है और ज्ञानोपदेशके लिये गुरुदेवकी शरणमें आया है) उस अपने समीप आये हुए शिष्यसे दयालु एवं तत्त्वज्ञ गुरु इस प्रकार पूछे—'वत्स ! तुम कौन हो ?' गुरुके इस प्रकार प्रश्न करनेपर शिष्य (अपनेको देहादि-संघातरूप मानकर) यों उत्तर दे—'हे देवगण ! जो पञ्चदशकलात्मक—शुक्ल और कृष्णपक्षके हेतुभूत, श्रद्धाद्वारा प्रकट, पितृलोकस्वरूप एवं नाना प्रकारके भोग प्रदान करनेमें समर्थ हैं, उन चन्द्रमाके निकटसे प्रादुर्भूत होकर पुरुषरूप अग्निमें स्थापित हुआ जो श्रद्धा, सोम, वृष्टि और अन्नका परिणाम-भूत वीर्य है, उस वीर्यके ही रूपमें स्थित हुए मुझ अनुशयी जीवको तुमने वीर्याधान करनेवाले पुरुषमें प्रेरित किया। तत्पश्चात् गर्भाधान करनेवाले पुरुष (पिता) के द्वारा तुमने मुझे माताके गर्भमें भी स्थापित करवाया। कुछ संवत्सरोंतक जीवन धारण करनेवाले पिताके साथ मैं एकताको प्राप्त हुआ था। मैं स्वयं भी कुछ संवत्सरोंतक ही जीवन धारण करनेवाला होकर ब्रह्मज्ञान अथवा उसके विपरीत मिथ्याज्ञानके निमित्त योनिविशेष-में शरीर धारण करके स्थित हूँ। इसलिये अब मुझे अमृतत्वकी प्राप्तिके साधनभूत ब्रह्मज्ञानके लिये अनेक ऋतुओं (वर्षों) तक अक्षय रहनेवाली दीर्घ आयु प्रदान करें—ब्रह्मसाक्षात्कार-पर्यन्त मेरे दीर्घजीवनके लिये चिरस्थायिनी आयुकी पुष्टि करें। क्योंकि यह जानकर मैं देवताओंसे प्रार्थना करता हूँ, अतः उसी सत्यसे, उसी तपस्यासे, जिनका मैं अभी उल्लेख कर आया हूँ, मैं ऋतु हूँ—संवत्सरादिरूप मरणधर्मा मनुष्य हूँ। आर्तव हूँ—ऋतु अर्थात् रज-वीर्यसे उत्पन्न देह हूँ। यदि ऐसी बात नहीं है तो आप ही कृपापूर्वक बतायें, मैं कौन हूँ ? क्या जो आप हैं, वही मैं भी हूँ ?' उसके इस प्रकार कहनेपर संसार-भयसे डरे हुए उस शिष्यको गुरु ब्रह्मविद्याके उपदेश-द्वारा भवसागरसे पार करके बन्धनमुक्त कर देता है॥ २॥

वह परब्रह्मका उपासक पूर्वोक्त देवयान-मार्गपर पहुँचकर पहले अग्निलोकमें आता है, फिर वायुलोकमें आता है; वहाँसे वह सूर्यलोकमें आता है, तदनन्तर वरुणलोकमें आता है; तत्पश्चात् वह इन्द्रलोकमें आता है, इन्द्रलोकसे प्रजापति-लोकमें आता है तथा प्रजापतिलोकसे ब्रह्मलोकमें आता है। इस प्रसिद्ध ब्रह्मलोकके प्रवेश-पथपर पहले 'आर' नामसे प्रसिद्ध एक महान् जलाशय है। (यह उस मार्गका विघ्न है, काम-क्रोधादि अरियों—शत्रुओंद्वारा निर्मित होनेसे ही उसका नाम 'आर' पड़ा है।) उस जलाशयसे आगे मुहूर्ताभिमानी* देवता हैं, जो काम-क्रोध आदिकी प्रवृत्ति उत्पन्न करके ब्रह्म-लोक-प्राप्तिके अनुकूल की हुई उपासना और यज्ञ-यागादिके पुण्यको नष्ट करनेके कारण 'येष्टिह†' कहलाते हैं। उससे आगे विजरा नदी है, जिसके दर्शनमात्रसे जरावस्था दूर हो जाती है। (यह नदी उपासनारूपा ही है।) उससे आगे 'इल्य' नामक वृक्ष है। 'इला' पृथिवीका नाम है, उसका ही स्वरूप होनेसे उसका नाम 'इल्य' है। उससे आगे अनेक देवताओं-द्वारा सेव्यमान उद्यान, बावली, कुएँ, तालाब और नदी आदि भाँति-भाँतिके जलाशयोंसे युक्त एक नगर है, जिसके एक ओर तो विरजा नदी है और दूसरी ओर प्रत्यञ्चाके आकारका (अर्द्धचन्द्राकार) एक परकोटा है। उसके आगे ब्रह्माजीका निवासभूत विशाल मन्दिर है, जो 'अपराजित' नामसे प्रसिद्ध है। सूर्यके समान तेजोमय होनेके कारण वह कभी किसीके द्वारा पराजित नहीं होता। मेघ और यज्ञरूपसे उपलक्षित वायु और आकाशरूप इन्द्र और प्रजापति उस ब्रह्म-मन्दिरके द्वाररक्षक हैं।

वहाँ 'विभुप्रमित' नामक सभामण्डप है (जो अहङ्कार-स्वरूप है)। उसके मध्यभागमें जो वेदी (चबूतरा) है, वह 'विचक्षणा' नामसे प्रसिद्ध है। (बुद्धि और महत्तत्त्व आदि

* दो घड़ी (४८ मिनट) के कालको मुहूर्त कहते हैं।

† य इष्टिं घ्नन्ति (जो इष्ट वस्तुकी प्राप्तिमें बाधा पहुँचाते हैं।)

नामोंसे भी उसका प्रतिपादन होता है।) वह अत्यन्त विलक्षण है। जिसके बलका कोई माप नहीं है, वह 'अमितौजाः' प्राण ही ब्रह्माजीका सिंहासन—पलँग है। मानसी (प्रकृति) उनकी प्रिया है। वह मनकी कारणभूता अथवा मनको आनन्दित करनेवाली होनेसे ही मानसी कहलाती है। उसके आभूषण भी उसीके स्वरूपभूत हैं। उसकी छायामूर्ति 'चाक्षुषी' नामसे प्रसिद्ध है। वह तैजस नेत्रोंकी प्रकृति होनेके कारण अत्यन्त तेजोमयी है। उसके आभूषणादि भी उसीके समान तेजोमय हैं। जरायुज, स्वेदज, अण्डज और उद्भिज—इन चतुर्विध प्राणियोंका नाम जगत् है। यह सम्पूर्ण जगत्—जड-चेतन-समुदाय ब्रह्माजीकी वाटिकाके पुष्प तथा उनके धौत एवं उत्तरीयरूप युगल वस्त्र हैं। वहाँकी अप्सराएँ—साधारण युवतियाँ 'अम्बा' और 'आम्बायवी' नामसे प्रसिद्ध हैं। जगज्जननी श्रुतिरूपा होनेसे वे 'अम्बा' कहलाती हैं। तथा 'अम्ब' (अधिक) और अयव (न्यून) भावसे रहित बुद्धि-रूपा होनेसे उनका नाम 'आम्बायवी' है। इसके सिवा वहाँ 'अम्बया' नामकी नदियाँ बहती हैं। अम्बक (नेत्र) रूप ब्रह्मज्ञानकी ओर ले जानेके कारण उनकी 'अम्बया' (अम्बम्—अम्बकम् लक्ष्यीकृत्य यान्ति) संज्ञा है। उस ब्रह्मलोकको जो इस प्रकार जानता है, वह उसीको प्राप्त होता है। उसे जब कोई अमानव पुरुष आदित्यलोकसे ले आता है, उस समय ब्रह्माजी अपने परिचारकों और अप्सराओंसे कहते हैं—'दौड़ो, उस महात्मा पुरुषका मेरे यशके—मेरी प्रतिष्ठाके अनुकूल स्वागत करो; मेरे लोकमें ले आनेवाली उपासना आदिसे निश्चय ही यह उस विजरा नदीके समीपतक आ पहुँचा है, अवश्य ही अब यह कभी जरावस्थाको नहीं प्राप्त होगा' ॥ ३ ॥

ब्रह्माजीका यह आदेश मिलनेपर उसके पास स्वागतके लिये पाँच सौ अप्सराएँ जाती हैं। उनमेंसे सौ अप्सराएँ तो हाथोंमें हल्दी, केसर और रोली आदिके चूर्ण लिये रहती हैं। सौके हाथोंमें भाँति-भाँतिके दिव्य वस्त्र एवं अलङ्कार होते हैं। सौ अप्सराएँ हाथोंमें फल लिये होती हैं। सौके हाथोंमें नाना प्रकारके दिव्य अङ्गराग होते हैं। तथा सौ अप्सराएँ अपने हाथोंमें भाँति-भाँतिकी मालाएँ लिये होती हैं। वे उस महात्माको ब्रह्मोचित अलङ्कारोंसे अलङ्कृत करती हैं। वह ब्रह्मवेत्ता पुरुष ब्रह्माजीके योग्य अलङ्कारोंसे अलङ्कृत हो ब्रह्माजीके स्वरूपको ही प्राप्त कर लेता है। फिर वह 'आर' नामक जलाशयके पास आता है और उसे मनके द्वारा—सङ्कल्पसे ही लाँघ जाता है। उस जलाशयतक पहुँचनेपर भी अज्ञानी मनुष्य उसमें डूब जाते हैं। फिर वह ब्रह्मवेत्ता मुहूर्ताभिमानी 'येष्टिह' नामक देवताओंके पास आता है; किंतु वे विघ्नकारी देवता उसके पाससे भाग खड़े होते हैं। तत्पश्चात् वह विजरा नदीके तटपर आता है और उसे भी सङ्कल्पसे ही पार कर लेता है। वहाँ वह पुण्य और पापोंको झाड़ देता है।

जो उसके प्रिय कुटुम्बी होते हैं, वे तो उसका पुण्य पाते हैं; और जो उससे द्वेष करनेवाले होते हैं, उन्हें उसका पाप मिलता है। उस विषयमें यह दृष्टान्त है। रथसे यात्रा करने-वाला पुरुष रथको दौड़ाता हुआ रथके दोनों चक्कोंको देखता है; उस समय रथचक्रोंका जो भूमिसे संयोग-वियोग होता है, वह उस द्रष्टाको नहीं प्राप्त होता। इसी प्रकार वह ब्रह्मवेत्ता रात और दिनको देखता है, पुण्य और पापको देखता है, तथा अन्य समस्त द्वन्द्वोंको देखता है; द्रष्टा होनेके कारण ही उसका इनसे सम्बन्ध नहीं होता। अतएव यह पुण्य और पापसे रहित होता है। फलतः वह ब्रह्मवेत्ता ब्रह्मको ही प्राप्त होता है ॥ ४ ॥

तब वह इल्य वृक्षके पास आता है, उसकी नासिकामें ब्रह्मगन्धका प्रवेश होता है। (वह गन्ध इतनी दिव्य है कि उसके सामने अन्य लोकोंकी सुगन्ध दुर्गन्धवत् प्रतीत होती है।) फिर वह सालज्य नगरके समीप आता है; वहाँ उसकी रसनामें उस दिव्यातिदिव्य ब्रह्मरसका प्रवेश (अनुभव) होता है, जिसका उसे पहले कभी अनुभव नहीं हुआ रहता। फिर वह 'अपराजित' नामक ब्रह्म-मन्दिरके समीप आता है, वहाँ उसमें ब्रह्मतेज प्रवेश करता है। तत्पश्चात् वह द्वार-रक्षक इन्द्र और प्रजापतिके पास आता है; वे उसके सामनेसे मार्ग छोड़कर हट जाते हैं। तदनन्तर वह 'विभुप्रमित' नामक सभा-मण्डपमें आता है; वहाँ उसमें ब्रह्मयश प्रवेश करता है। फिर वह 'विचक्षणा' नामक वेदीके पास आता है। 'बृहत्' और 'रथन्तर'—ये दो साम उसके दोनों अगले पाये हैं और 'श्यैत' एवं 'नौधस' नामक साम उसके दोनों पिछले पाये हैं। 'वैरूप' और 'वैराज' नामक साम उसके दक्षिण और उत्तर पार्श्व हैं तथा 'शाक्कर' और 'रैवत' साम उसके पूर्व एवं पश्चिम पार्श्व हैं। वह समष्टि-बुद्धिरूपा है। वह ब्रह्मवेत्ता उस बुद्धिके द्वारा विशेष दृष्टि प्राप्त कर लेता है। फिर वह 'अमितौजाः' नामक पलँग (या सिंहासन) के पास आता है, वह पर्यङ्क प्राणस्वरूप है। भूत और भविष्य—ये दोनों काल उसके अगले पाये हैं और श्रीदेवी एवं भूदेवी—ये दोनों उसके पिछले पाये हैं। उसके दक्षिण-उत्तर भागमें जो 'अनूच्य' नामके दीर्घ खटवाङ्ग हैं, वे 'बृहत्' और 'रथन्तर' नामक साम हैं और पूर्व-

पश्चिम भागमें जो छोटे खट्वाङ्ग हैं, जिनपर मस्तक और पैर रक्खे जाते हैं, वे 'भद्र' और 'यज्ञायज्ञीय' नामक साम हैं। (सिरकी ओरका भाग ऊँचा और पैरकी ओरका भाग कुछ नीचा है।) पूर्वसे पश्चिमको जो बड़ी-बड़ी पाटियाँ लगी हैं, वे ऋक् और सामके प्रतीक हैं। तथा दक्षिण-उत्तरकी ओर जो आड़ी-तिरछी पाटियाँ हैं, वे यजुर्वेदस्वरूपा हैं। चन्द्रमाकी कोमल किरणें ही उस पलँगका नरम-नरम गद्दा हैं। उद्गीथ ही उसपर बिछी हुई उपश्री (श्वेत चादर) है। लक्ष्मीजी तकिया हैं। ऐसे दिव्य पर्यङ्कपर ब्रह्माजी विराजमान होते हैं। इस तत्त्वको इस प्रकार जाननेवाला ब्रह्मवेत्ता उस पलँगपर पहले पैर रखकर चढ़ता है।

तब ब्रह्माजी उससे पूछते हैं—'तुम कौन हो ?' उनके प्रश्नका वह इस प्रकार उत्तर दे—॥ ५ ॥

'मैं वसन्त आदि ऋतुरूप हूँ। ऋतुसम्बन्धी हूँ। कारण-भूत अव्याकृत आकाश एवं स्वयंप्रकाश परब्रह्म परमात्मासे उत्पन्न हुआ हूँ। जो भूत (अतीत), भूत (यथार्थ कारण), भूत (जड-चेतनमय चतुर्विध सर्ग) और भूत (पञ्चमहाभूतस्वरूप) है, उस संवत्सरका तेज हूँ। आत्मा हूँ। आप आत्मा हैं, जो आप हैं, वही मैं हूँ।' इस प्रकार उत्तर देनेपर ब्रह्माजी पुनः पूछते हैं—'मैं कौन हूँ ?' इसके उत्तरमें कहे—'आप सत्य हैं।' 'जो सत्य है, जिसे तुम सत्य कहते हो, वह क्या है ?' ऐसा प्रश्न होनेपर उत्तर दे—"जो सम्पूर्ण देवताओं तथा प्राणोंसे भी सर्वथा भिन्न—विलक्षण हो, वह 'सत्' है और जो देवता एवं प्राणरूप है, वह 'त्य' है। वाणीके द्वारा जिसे 'सत्य' कहते हैं, वह यही है। इतना ही यह सब कुछ है। आप यह सब कुछ हैं, इसलिये सत्य हैं" ॥ ६ ॥

यही बात ऋक्सम्बन्धी मन्त्रद्वारा भी बतायी गयी है—"यजुर्वेद जिसका उदर है, सामवेद मस्तक है तथा ऋग्वेद सम्पूर्ण शरीर है, वह अविनाशी परमात्मा 'ब्रह्मा' के नामसे जाननेयोग्य है। वह ब्रह्ममय—ब्रह्मरूप महान् ऋषि है।" तदनन्तर पुनः ब्रह्माजी उस उपासकसे पूछते हैं—'तुम मेरे पुरुषवाचक नामोंको किससे प्राप्त करते हो ?' वह उत्तर दे—'प्राणसे।' (प्र०) 'स्त्रीवाचक नामोंको किससे ग्रहण करते हो ?' (उ०) 'वाणीसे।' (प्र०) 'नपुंसकवाचक नामोंको किससे ग्रहण करते हो ?' (उ०) 'मनसे।' (प्र०) 'गन्धका अनुभव किससे करते हो ?' (उ०) 'प्राणसे—घ्राणेन्द्रियसे।' इस प्रकार कहे। (प्र०) 'रूपोंको ग्रहण किससे करते हो ?' (उ०) 'नेत्रसे।' (प्र०) 'शब्दोंको किससे सुनते हो ?' (उ०) 'कानोंसे।' (प्र०) 'अन्नके रसोंका आस्वादन किससे करते हो ?' (उ०) 'जिह्वासे।' (प्र०) 'कर्म किससे करते हो ?' (उ०) 'हाथोंसे।' (प्र०) 'सुख-दुःखोंका अनुभव किससे करते हो ?' (उ०) 'शरीरसे।' * (प्र०) 'रतिका परिणामरूप आनन्द, रति (मैथुनका आनन्द) और प्रजोत्पत्तिका सुख किससे उठाते हो ?' (उ०) 'उपस्थ-इन्द्रियसे' यों कहे। (प्र०) 'गमनकी क्रिया किससे करते हो ?' (उ०) 'दोनों पैरोंसे।' (प्र०) 'बुद्धि-वृत्तियोंको, ज्ञातव्य विषयोंको और विविध मनोरथोंको किससे ग्रहण करते हो ?' (उ०) 'प्रज्ञासे' यों कहे।

तब ब्रह्मा उससे कहते हैं—'जल आदि प्रसिद्ध पाँच महाभूत मेरे स्थान हैं; अतः यह मेरा लोक भी जलादि-तत्त्व-प्रधान ही है। तुम मुझसे अभिन्न मेरे उपासक हो, अतः यह तुम्हारा भी लोक है।'

वह जो ब्रह्माजीकी सुप्रसिद्ध विजय (सबपर नियन्त्रण करनेकी शक्ति) तथा सर्वत्र व्याप्ति—सर्वव्यापकता है, उस विजयको तथा उस सर्वव्यापकताको भी वह उपासक प्राप्त कर लेता है, जो इस प्रकार जानता (उपासना करता) है। अर्थात् ब्रह्माजीकी भाँति ही वह सबका शासक एवं सर्वव्यापक बन जाता है ॥ ७ ॥

॥ प्रथम अध्याय समाप्त ॥ १ ॥

* यद्यपि सुख-दुःखका ज्ञान अन्तःकरणके द्वारा ही होता है, तथापि 'मेरे पैरमें पीड़ा है, सिरमें दर्द है' इत्यादि प्रतीतिके अनुसार 'शरीरसे' यह उत्तर दिया गया है।

ॐ

द्वितीय अध्याय

प्राणोपासना

'प्राण ब्रह्म है' यह सुप्रसिद्ध ऋषि कौषीतकि* कहते हैं। उन प्रसिद्ध प्राणमय ब्रह्मकी यहाँ राजाके रूपमें कल्पना की गयी है। उनका मन ही दूत है, वाणी परोसनेवाली स्त्री (रानी) है, चक्षु संरक्षक (मन्त्री) है, श्रोत्रेन्द्रिय संदेश सुनानेवाला द्वारपाल है। उन सुप्रसिद्ध प्राणमय ब्रह्मको बिना माँगे ही ये सम्पूर्ण इन्द्रियाभिमानी देवतागण भेंट समर्पित करते हैं—उनके अधीन होकर रहते हैं। इसी प्रकार जो इस प्रकार जानता है, उसको भी सम्पूर्ण चराचर प्राणी बिना माँगे ही भेंट देते हैं। उस प्राणोपासकके लिये यह गूढ़ व्रत है कि 'वह किसीसे कुछ भी न माँगे'—ठीक उसी तरह, जैसे कोई भिक्षु गाँवमें भीख माँगनेपर भी जब कुछ नहीं पाता तो हताश होकर बैठ रहता और कुपित होकर यह प्रतिज्ञा कर लेता है कि 'अबसे इस गाँववाले लोगोंके देनेपर भी यहाँका अन्न नहीं खाऊँगा।' तात्पर्य यह कि वह भिक्षु जिस दृढ़तासे अपनी बात-पर डटा रहता है, उसी प्रकार उसको भी अपने व्रतपर अटल रहना चाहिये। जो लोग पहले इस पुरुषको कुछ देनेसे अस्वीकार कर चुके होते हैं, वे ही कुछ न माँगनेका निश्चय कर लेनेपर इसे देनेके लिये निमन्त्रित करते हैं और कहते हैं, 'आओ, हम तुम्हें देते हैं।' दीनतापूर्वक दूसरोंके सामने प्रार्थना करना—यह याचकका धर्म होता है। अर्थात् याचना करनेवालेको ही दैन्य-प्रदर्शन करना पड़ता है। याचना और दैन्य-प्रदर्शनसे दूर रहनेपर ही उसे लोग यों निमन्त्रण देते हैं कि 'आओ, हम तुम्हें देंगे'॥ १॥

'प्राण ब्रह्म है'—प्रसिद्ध महात्मा पैङ्ग्य भी यही कहते हैं। उन प्रसिद्ध प्राणमय ब्रह्मके लिये वाणीसे परे चक्षु-इन्द्रिय है, जो वागिन्द्रियको सब ओरसे व्याप्त करके स्थित है। (अतः चक्षु वागिन्द्रियकी अपेक्षा आन्तरिक है; क्योंकि जैसा कहा गया हो, वैसा ही नेत्रसे भी देख लिया जाय तो विवादकी सम्भावना नहीं रहती—वह वस्तु यथार्थ समझ ली जाती है।) चक्षुसे परे श्रवणेन्द्रिय है, जो चक्षुको सब ओरसे व्याप्त करके स्थित है; (क्योंकि चक्षुसे कहीं-कहीं भ्रान्त-दर्शन भी होता है, जैसे सीपमें चाँदीका दर्शन। परंतु कानसे विद्यमान अथवा प्रस्तुत वचनका ही श्रवण होता है।) श्रवणेन्द्रियसे परे मन है; जो श्रवणेन्द्रियको सब ओरसे व्याप्त करके स्थित है; क्योंकि मनके सावधान रहनेपर ही श्रवणेन्द्रिय सुन पाती है। मनसे परे प्राण है; जो मनको सब ओरसे व्याप्त करके स्थित है। (प्राण ही मनको बाँध रखनेवाला है—यह बात प्रसिद्ध है। प्राण न रहे तो मन भी नहीं रह सकता; अतः सबकी अपेक्षा पर एवं आन्तरिक आत्मा होनेके कारण प्राणका ब्रह्म होना उचित ही है।) उस प्राणमय ब्रह्मको ये सम्पूर्ण देवता उसके न माँगनेपर भी उपहार समर्पित करते हैं। इसी प्रकार जो यों जानता है, उस उपासकको भी सम्पूर्ण प्राणी बिना माँगे ही भाँति-भाँतिके उपहार भेंट करते हैं। उसका यह गूढ़ व्रत है कि वह किसीसे याचना न करे। इस विषयमें यह दृष्टान्त भी है—कोई भिक्षु गाँवमें भीख माँगनेपर भी जब कुछ नहीं पाता तो हताश होकर बैठ रहता और यह प्रतिज्ञा कर लेता है कि 'अब यहाँ किसीके देनेपर भी अन्न ग्रहण नहीं करूँगा।' ऐसी प्रतिज्ञा कर लेनेपर जो लोग पहले उसे कुछ देनेसे अस्वीकार कर चुके होते हैं, वे ही उसे यों कहकर निमन्त्रित करते हैं कि 'आओ, हम तुम्हें देते हैं'॥ २॥

(प्राणोपासकको धन-प्राप्तिकी इच्छा होनेपर उसके लिये कर्तव्यका उपदेश करते हैं—) अब एकमात्र धन (प्राण) के निरोधकी बात बतायी जाती है। यदि एकमात्र धनका (अथवा प्राणका) चिन्तन करे तो पूर्णिमाको या अमावास्याको अथवा शुक्ल या कृष्णपक्षकी किसी भी पुण्य-तिथिको पवित्र नक्षत्रमें अग्निकी स्थापना, (वेदीका) परिसमूहन (संस्कार), कुशोंका आस्तरण (बिछाना), मन्त्रपूत जलसे अग्नि-वेदी आदिका अभिषेक तथा अग्निपर रक्खे हुए पात्रस्थ घृतका उत्पवन (शोधन) करके दाहिना घुटना पृथ्वीपर टेककर खुवासे, चमससे अथवा काँसेकी करछुल आदिसे निम्नाङ्कित मन्त्रोंद्वारा घृतकी ये आहुतियाँ दे—

वाङ् नाम देवतावरोधिनी सा मेऽमुष्मात् ( )
इदम् अवरुन्धां तस्यै स्वाहा।

अर्थात् 'वाक्' नामसे प्रसिद्ध देवी अवरोधिनी—उपासककी अभीष्टसिद्धि करनेवाली है, वह मुझ प्राणोपासकके लिये अमुक व्यक्तिसे इस अभीष्ट अर्थकी सिद्धि कराये; उसके लिये यह घृतकी आहुति सादर समर्पित है। (उपर्युक्त

---

* जिसकी दृष्टिमें सांसारिक सुख अत्यन्त हेय हो, उसे 'कुषीतक' (कुत्सितं सीतं यस्य सः) कहते हैं और कुषीतकके पुत्रको 'कौषीतकि' कहते हैं।

मन्त्रका उच्चारण करके 'अमुष्मात्'के आगे दिये हुए कोष्ठकमें उस व्यक्तिके नामका उल्लेख करे, जिससे अभीष्ट अर्थ प्राप्त करना है। तथा 'इदम्'के स्थानपर अभीष्ट अर्थका उच्चारण करे। आगेके मन्त्रोंका अर्थ भी इसी प्रकार समझना चाहिये।)

प्राणो नाम देवतावरोधिनी सा मेऽमुष्मात् इदम् अवरुन्धां तस्यै स्वाहा।

चक्षुर्नाम देवतावरोधिनी सा मेऽमुष्मात् इदम् अवरुन्धां तस्यै स्वाहा।

श्रोत्रं नाम देवतावरोधिनी सा मेऽमुष्मात् इदम् अवरुन्धां तस्यै स्वाहा।

मनो नाम देवतावरोधिनी सा मेऽमुष्मात् इदम् अवरुन्धां तस्यै स्वाहा।

प्रज्ञा नाम देवतावरोधिनी सा मेऽमुष्मात् इदम् अवरुन्धां तस्यै स्वाहा।

इस प्रकार आहुतियाँ देनेके पश्चात् धूमगन्धको सूँघकर होमावशिष्ट घृतके लेपसे अपने अङ्गोंका अनुमार्जन (लेपन) करके मौनभावसे धनस्वामीके पास जाय और अभीष्ट अर्थके विषयमें कहे कि 'इतने धनकी मुझे आवश्यकता है, सो आपके यहाँसे मिल जाना चाहिये।' अथवा यदि धनस्वामी दूर हो तो उक्त संदेश कहलानेके लिये उसके पास दूत भेज दे। यों करनेसे निश्चय ही वह अभीष्ट धन प्राप्त कर लेता है॥ ३॥

(इस प्रकार धन-प्राप्तिका उपाय बताकर अब उपासकके लिये वशीकरणका उपाय बतलाते हैं—)

अब इसके बाद वाक् आदि देवताओंद्वारा साध्य मनोरथकी सिद्धिका प्रकार बताया जाता है। जिस किसीका प्रिय होना चाहे, निश्चय ही उन सबका प्रिय होनेके लिये पहले प्राणोपासकको वाक् आदि देवताओंका ही प्रिय बनना चाहिये। किसी एक पर्वके दिन पूर्वोक्त रीतिसे शुभ पुण्यतिथि एवं मुहूर्तमें पहले बताये अनुसार ही अग्निकी स्थापना, परिसमूहन, कुशोंका आस्तरण, अग्निवेदी आदिका अभिषेक, घृतका उत्पवन आदि करके निम्नाङ्कित मन्त्रोंसे ये घृतकी आहुतियाँ दे—

वाचं ते मयि जुहोम्यसौ स्वाहा।

(इस मन्त्रका उच्चारण करनेके पहले उस व्यक्तिका नाम लेना चाहिये, जिसको वशमें करना हो; यथा—'अमुकगोत्रस्य अमुकनामधेयस्य राज्ञः, अमुकगोत्राया अमुकनामधेयाया राज्ञ्या वा वाचं ते मयि जुहोमि असौ स्वाहा' यों कहकर घृतकी आहुति डालनी चाहिये। 'असौ' के बाद कार्यका उल्लेख करना आवश्यक है—'यथा असौ कामः सिद्ध्यतु—स्वाहा)।

मन्त्रार्थ—मैं तुम्हारी वाक्-इन्द्रियका अपनेमें हवन करता हूँ, मेरा अमुक कार्य सिद्ध हो जाय—इस उद्देश्यसे यह आहुति है। (इसी प्रकार अन्य मन्त्रोंका भी अर्थ समझना चाहिये।)

प्राणं ते मयि जुहोम्यसौ स्वाहा।
चक्षुस्ते मयि जुहोम्यसौ स्वाहा।
श्रोत्रं ते मयि जुहोम्यसौ स्वाहा।
मनस्ते मयि जुहोम्यसौ स्वाहा।
प्रज्ञां ते मयि जुहोम्यसौ स्वाहा।

इसके बाद होम-धूमकी गन्ध सूँघकर होमावशिष्ट घृतके लेपसे अपने अङ्गोंका अनुमार्जन (लेपन) करके मौनभावसे अभीष्ट व्यक्तिके पास गमन करे और उसके संपर्कमें जानेकी इच्छा करे। अथवा ऐसी जगह खड़ा रहकर वार्तालाप करे, जहाँ वायुकी सहायतासे उसके शब्द अभीष्ट व्यक्तिके कानोंमें पड़ें। फिर तो निश्चय ही वह उसका प्रिय हो जाता है। इतना ही नहीं, उस स्थानसे हट जानेपर वहाँके लोग उसका सदा स्मरण करते हैं॥ ४॥

आध्यात्मिक अग्निहोत्र

अब इसके बाद दिवोदासके पुत्र प्रतर्दनद्वारा अनुष्ठित, अतएव 'प्रातर्दन' नामसे विख्यात और संयमसे पूर्ण होनेसे 'सांयमन' कहलानेवाले आध्यात्मिक अग्निहोत्रका वर्णन करते हैं। निश्चय ही मनुष्य जबतक कोई वाक्य बोलता है, तबतक पूर्णतया श्वास नहीं ले सकता। उस समय वह प्राणका वाणीरूप अग्निमें हवन कर देता है। जबतक पुरुष श्वास खींचता है, तबतक बोल नहीं सकता; उस समय वह वाणीका प्राणरूप अग्निमें हवन कर देता है।

ये वाक् और प्राणरूप दो आहुतियाँ अनन्त एवं अमृत हैं। (वाक् और प्राणके व्यापारोंका जीवनमें कभी अन्त नहीं होता, इसलिये ये अनन्त हैं। तथा इनके व्यापारोंका जो एक-दूसरेमें लय होता है, उसमें अग्निहोत्र-बुद्धि हो जानेसे ये आहुतियाँ अमृतत्वरूप फलको देनेवाली होती हैं; इसलिये इन्हें 'अमृत' कहा गया है।) जाग्रत् और स्वप्नकालमें भी पुरुष सदा अविच्छिन्नरूपसे इन आहुतियोंका होम करता रहता है। इसके सिवा अर्थात् वाक्-प्राणरूपा आहुतियोंके अतिरिक्त जो दूसरी द्रव्यमयी आहुतियाँ हैं, वे कर्ममयी हैं

(स्वरूपसे और फलकी दृष्टिसे भी कृत्रिम हैं; वे पूर्वोक्त आहुतियोंकी भाँति अनन्त एवं अमृत नहीं हैं ।) यह प्रसिद्ध है कि इस रहस्यको जाननेवाले पूर्ववर्ती विद्वान् केवल कर्ममय अग्निहोत्रका अनुष्ठान नहीं करते थे ॥ ५ ॥

'उक्थ (प्राण) ब्रह्म है'—यह बात सुप्रसिद्ध महात्मा शुष्कभृङ्गार कहते हैं । वह उक्थ 'ऋक्' है, इस बुद्धिसे उपासना करे । जो प्राणरूप उक्थमें ऋग्बुद्धि कर लेता है, उसकी सम्पूर्ण प्राणी श्रेष्ठताके लिये—श्रेष्ठ बननेके लिये अर्चना करते हैं । वह उक्थ 'यजुर्वेद' है, इस बुद्धिसे उपासना करे । इससे सम्पूर्ण प्राणी श्रेष्ठताके लिये उसके साथ सहयोग करते हैं । वह उक्थ 'साम' है, इस बुद्धिसे उपासना करे । उस उपासकके समक्ष सम्पूर्ण प्राणी श्रेष्ठताके लिये मस्तक झुकाते हैं । वह उक्थ 'श्री' है, इस बुद्धिसे उपासना करे । वह 'यश' है, इस भावसे उपासना करे । वह 'तेज' है, इस भावसे उपासना करे । इस विषयमें यह दृष्टान्त है—जैसे यह दिव्य धनुष सम्पूर्ण आयुधोंमें अत्यन्त श्रीसम्पन्न, परम यशस्वी और परम तेजस्वी होता है, उसी प्रकार जो इस प्रकार जानता है वह विद्वान् सम्पूर्ण भूतोंमें सबसे अधिक श्रीसम्पन्न, परम यशस्वी तथा परम तेजस्वी होता है ।

(जो यहाँ ईंटोंकी बनी हुई वेदी अथवा कुण्डमें स्थापित किया गया है, वह यज्ञकर्मका साधनभूत अग्नि भी प्राणस्वरूप ही है; क्योंकि प्राण ही ऋग्वेदादिरूप है । यह प्राण ही ऋग्वेदादि-साध्य कर्मोंका निष्पादक तथा मुझ अध्वर्युका भी स्वरूप है । इसलिये ऋग्वेदादिस्वरूप सर्वात्मा प्राण मैं हूँ, यह अग्नि भी मेरा ही स्वरूप है—इस बुद्धिसे अध्वर्यु अपना संस्कार करता है । इसी अभिप्रायसे कहते हैं—) इस प्राणको तथा ईंटोंकी वेदीपर संचित कर्ममय अग्निको भी अभिन्न एवं आत्मस्वरूप मानकर अध्वर्यु नामक ऋत्विक् अपना संस्कार करता है । उस प्राणमें ही वह यजुर्वेदसाध्य कर्मोंका विस्तार करता है । यजुर्वेदसाध्य कर्म-वितानमें होता ऋग्वेदसाध्य कर्मोंका विस्तार करता है । ऋग्वेदसाध्य कर्म-वितानमें उद्गाता सामवेदसाध्य कर्मोंका विस्तार करता है । वह अध्वर्युरूप यह प्राण सम्पूर्ण त्रयी-विद्याका आत्मा है । यह प्रत्यक्षगोचर प्राण ही इस त्रयी-विद्याका आत्मा बताया गया है । जो इस प्राणको इस रूपमें जानता है, वह भी प्राणरूप हो जाता है ॥ ६ ॥

विविध उपासनाओंका वर्णन

अब सर्वविजयी कौषीतकिके द्वारा अनुभवमें लायी हुई तीन बार की जानेवाली उपासना बतायी जाती है । यज्ञोपवीतको सव्यभावसे—बायें कंधेपर रखकर, आचमन करके जलपात्रको तीन बार शुद्ध-स्वच्छ जलसे पूर्णतः भरकर उदयकालमें भगवान् सूर्यका उपस्थान करे, उनकी आराधनाके लिये खड़ा होकर अर्घ्य दे (अर्घ्य देते समय इस मन्त्रका उच्चारण करे—) 'वर्गोऽसि पाप्मानं मे वृङ्धि ।' (आत्मज्ञान होनेके कारण सम्पूर्ण जगत्को आप तृणकी भाँति त्याग देते हैं, इसलिये 'वर्ग' कहलाते हैं; मेरे पापको मुझसे दूर कीजिये ।) इसी प्रकार मध्याह्नकालमें भी भगवान् सूर्यका उपस्थान करे । (उस समय इस मन्त्रका उच्चारण करना चाहिये—) 'उद्वर्गोऽसि पाप्मानं मे उद्वृङ्धि ।' (इस मन्त्रका अर्थ भी पूर्ववत् ही है ।) फिर इसी प्रकार सायंकालमें अस्त होते हुए भगवान् सूर्यका निम्नाङ्कित मन्त्रसे उपस्थान करे—'संवर्गोऽसि पाप्मानं मे संवृङ्धि ।' इस उपासनाका फल यह है कि मनुष्य दिन और रातमें जो पाप करता है, उसका पूर्णतः परित्याग कर देता है ॥ ७ ॥

अब दूसरी उपासना बतायी जाती है । प्रत्येक मासकी अमावास्या तिथिको, जब सूर्यके पश्चिमभागमें उनकी सुषुम्णा नामक किरणमें चन्द्रमा स्थित दिखायी देते हैं (लौकिक नेत्रोंसे न दिखायी देनेपर भी शास्त्रतः देखे जाते हैं), उस समय उनका पूर्वोक्त प्रकारसे ही उपस्थान करे । विशेषता इतनी ही है कि अर्घ्यपात्रमें दो हरी दूबके अङ्कुर भी रख ले और उससे अर्घ्य देते हुए चन्द्रमाके प्रति 'यत्ते' इत्यादि मन्त्ररूपा वाणीका प्रयोग करे । (वह मन्त्र इस प्रकार है—)

यत्ते सुसीमं हृदयमधि चन्द्रमसि श्रितं तेनामृतत्वस्वेशानं माहं पौत्रमघं रुदम् ।

'नमः' यह नाम जीववाचक है और 'राम' इस पदके द्वारा आत्माका प्रतिपादन होता है। तथा 'राम' के साथ एकात्मताको प्राप्त हुई जो 'आय' (रामाय)-रूपा चतुर्थी विभक्ति है, उसके द्वारा जीव और आत्मा (परमात्मा) की एकता बतलायी जाती है। 'रामाय नमः' यह मन्त्र वाचक है और भगवान् राम इसके वाच्य हैं; इन दोनोंका संयोग (अर्थात् मन्त्रजपपूर्वक भगवान्‌के स्वरूपका चिन्तन) सम्पूर्ण साधकोंको अभीष्ट फल प्रदान करनेवाला है। इसमें तनिक भी संशय नहीं है। जैसे जो नामी होता है, वह अपने वाचक नामका उच्चारण होनेपर सम्मुख आ जाता है, उसी प्रकार बीजात्मक मन्त्र 'राम्' को भी समझना चाहिये। अर्थात् इसके द्वारा बुलानेपर भी भगवान् मन्त्र-जप करनेवाले साधकके सम्मुख आ जाते हैं। बीज और शक्तिका क्रमशः दाहिने और बायें स्तनोंपर न्यास करे और कीलकका नियमपूर्वक मध्यमें अर्थात् हृदयमें न्यास करे। (यहाँ 'रां' यह बीज है, 'मां' यह शक्ति है और 'यं' यह कीलक है।) इस न्यासके साथ ही साधक अपनी मनोवाञ्छा-सिद्धिके लिये विनियोग भी करे। सभी मन्त्रोंका यही साधारण क्रम है—अर्थात् पहले बीजका, फिर शक्तिका, फिर कीलकका न्यास तथा अन्तमें अपनी मनोरथ-सिद्धिके लिये विनियोग होता है। यहाँ ध्यान-कालमें भावना करनी चाहिये कि दशरथनन्दन भगवान् श्रीराम अनन्त परमात्मारूप हैं।

वे तेजमें प्रज्वलित अग्निके सदृश हैं। (अथवा राम्-मन्त्र अनन्त—'आ' और तेजोमय अग्नि 'र्' के साथ एक ही समय उच्चारित होता है। 'र्' और 'आ' का एक साथ उच्चारण होनेसे 'रा' बनता है।) वे श्रीराम जब शीतल किरणोंवाली अर्थात् सौम्य कान्तिमती श्रीसीताजीके साथ संयुक्त होते हैं, तब उनसे अग्नीषोमात्मक (पुरुष और स्त्रीरूप) जगत्की उत्पत्ति होती है। (अथवा अनुष्णगु-शब्दका अर्थ है चन्द्रमा (म्) और विश्वका अर्थ है वैश्वानर—अग्नि (रा); अतः वैश्वानर-बीज 'रा' जब चन्द्र-बीज 'म्' से व्याप्त होता है, तब अग्नीषोमात्मक जगत्का वाचक 'राम्' यह मन्त्र बनता है।) श्रीराम सीताके साथ उसी प्रकार शोभा पाते हैं, जैसे चन्द्रमा चन्द्रिकाके साथ सुशोभित होते हैं ॥ १—६ ॥

ध्यान

कौसल्यानन्दन श्रीराम अपनी प्रकृति—ह्लादिनीशक्ति श्रीसीताजीके साथ विराजमान हैं। उनका वर्ण श्याम है। वे पीताम्बर धारण किये हुए हैं। उनके सिरपर जटाभार सुशोभित है। उनके दो भुजाएँ हैं। कानोंमें कुण्डल शोभा पा रहे हैं। गलेमें रत्नोंकी माला चमक रही है। वे स्वभावतः धीर (निर्भय एवं गम्भीर) हैं। धनुष धारण किये हुए हैं। उनके मुखपर सदा प्रसन्नता छायी रहती है। वे संग्राममें सदा ही विजयी होते हैं। अणिमा आदि आठ ऐश्वर्य-शक्तियाँ उनकी शोभा बढ़ाती हैं। इस जगत्की कारणभूता मूल प्रकृतिरूपा परमेश्वरी सीता उनके वाम अङ्कको विभूषित कर रही हैं। सीताजीके श्री-अङ्गोंकी कान्ति सुवर्णके सदृश गौर है। उनके भी दो भुजाएँ हैं। वे समस्त दिव्य आभूषणोंसे विभूषित हैं तथा हाथमें कमल धारण किये हुए हैं। उन चिदानन्दमयी सीतासे सटकर बैठे हुए भगवान् श्रीराम बड़े हृष्ट-पुष्ट दिखायी देते हैं। दक्षिण भागमें श्रीरघुनाथजीके छोटे भाई सुवर्ण-गौर कान्तिवाले श्रीलक्ष्मणजी हाथमें धनुष-बाण लिये खड़े हैं। उस समय श्रीराम, लक्ष्मण और श्रीसीताजीका एक त्रिकोण बन जाता है ॥ ७—९ ॥

चतुर्थ खण्ड

षडक्षर मन्त्रका स्वरूप; भगवान् श्रीरामका स्तवन

जैसे श्रीराम-मन्त्रका 'राम्' यह बीज बताया गया है, उसी प्रकार उसका शेष अंश भी बताया जाता है। स्व अर्थात् 'राम' शब्दके चतुर्थ्यन्त रूपके साथ जीव—अर्थात् 'नमः' पद हो तो **'रां रामाय नमः'** यह षडक्षर मन्त्र बनता है। इस प्रकार षडक्षर मन्त्र सिद्ध होनेपर दो त्रिकोणरूप बनता है। (अर्थात् छहों अक्षरोंके न्यासके लिये छः कोण बनते हैं।) एक बार जब देवता भगवान्का दर्शन करनेके लिये आये, तब उन्होंने कल्पवृक्षके नीचे रत्नमय सिंहासनपर विराजमान जगदीश्वर श्रीरघुनाथजीका इस प्रकार स्तवन किया—'कामरूपधारी तथा मायामय स्वरूप ग्रहण करनेवाले श्रीरामको नमस्कार है। (अथवा कामबीज 'क्लीं' और मायामय बीज 'ह्रीं' से युक्त श्रीराम-मन्त्रको नमस्कार है—**क्लीं रामाय नमः ह्रीं रामाय नमः**।) वेदके आदिकारण ॐकारस्वरूप श्रीरामको नमस्कार है। (इससे **'ॐ रामाय नमः'** इस मन्त्रकी सूचना मिलती है।) रमा श्रीसीताजीको धारण करनेवाले अथवा रमणीय अधरोंवाले, आत्मरूप, नयनाभिराम श्रीरामको नमस्कार है। श्रीजानकीजीका शरीर ही जिनका आभूषण अथवा जो श्रीजनकनन्दिनीके श्रीविग्रहको स्वयं ही शृङ्गार आदिसे विभूषित करते हैं, जो राक्षसोंके संहारक तथा कल्याणमय विग्रहवाले हैं तथा जो दशमुख रावणका अन्त करनेके लिये यमराजस्वरूप हैं, उन मङ्गलमय रघुवीरको नमस्कार है। हे रामभद्र! हे महाधनुर्धर! हे रघुवीर! हे नृपश्रेष्ठ! हे दशवदन-विनाशक! हमारी रक्षा कीजिये तथा हमें ऐसी श्री—ऐश्वर्य-सम्पदा दीजिये, जिसका सम्बन्ध आपसे हो, अर्थात् जो भगवत्प्रीत्यर्थ ही उपयोगमें लायी जा सके'* ॥ १—६ ॥

---

* कामरूपाय रामाय नमो मायामयाय च ॥
नमो वेदादिरूपाय ॐकाराय नमो नमः। रमाधाराय रामाय श्रीरामायात्ममूर्तये ॥
जानकीदेहभूषाय रक्षोघ्नाय शुभाङ्गिने। भद्राय रघुवीराय दशास्यान्तकरूपिणे ॥
रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम। भो दशास्यान्तकासाकं रक्षां देहि श्रियं च ते ॥ (२—५)

पञ्चम खण्ड

खरके वधसे लेकर वाली-वधतकका संक्षिप्त चरित्र

'रघुवीर ! आप हमें ऐश्वर्यकी प्राप्ति कराइये ।' भगवान् श्रीरामने जबतक खर नामक राक्षसका वध किया, उतने समयतक देवता आदि उपर्युक्त रूपसे उनकी स्तुति करके उनके साथ सुखपूर्वक स्थित हुए । देवताओंकी ही भाँति ऋषि भी भगवान्‌की स्तुति करते रहे । उस समय खर आदिके मारे जानेपर राक्षसकुलोत्पन्न रावण (मारीचके साथ) वनमें आया और उसने अपने ही विनाशके लिये रामपत्नी सीताजीको हर लिया । उन दिनों सीता भी वनमें ही रहती थीं । उसने 'वन' से उनको हरण किया, इससे वह राक्षस रावण कहलाया ('राम' शब्दसे 'रा' एवं 'वन' शब्दसे 'वन' लेकर 'रावण' नाम बना) । अथवा दूसरोंको रुलानेके कारण वह रावण कहलाता था । (अथवा एक दिन दशाननने कैलासको उठा लिया था, तब महादेवजीने कैलासपर बहुत भार डाल दिया । उस समय) दशाननने बड़ा रव किया, इसीसे उसका नाम रावण हो गया । तदनन्तर श्रीराम और लक्ष्मण सीतादेवीका पता लगानेके व्याजसे वनभूमिपर विचरने लगे । सामने कबन्ध नामक असुरको उपस्थित देख दोनों भाइयोंने उसे मार डाला और उस कबन्धके कथनानुसार वे दोनों शबरीके आश्रमपर गये । वहाँ शबरीने उनका बड़ी भक्तिसे स्वागत-सत्कार किया । तत्पश्चात् आगे जानेपर उन्हें वायुपुत्र भक्तवर हनुमान्‌जी मिले, जिन्होंने (मध्यस्थरूपमें) कपिराज सुग्रीवको बुलाकर उनके साथ दोनों भाइयोंकी मैत्री करायी । तत्पश्चात् दोनों भाइयोंने सुग्रीवसे अपना सब हाल आदिसे अन्ततक कह सुनाया ॥ १—५ ॥

सुग्रीवको श्रीरामके पराक्रममें संदेह था, अतः उन्होंने श्रीरामको दुन्दुभिनामक राक्षसका विशाल शरीर दिखाया (जिसे वालीने मार गिराया था); श्रीरामने दुन्दुभिके उस शवको अनायास ही बहुत दूर फेंक दिया । इसके सिवा एक ही बाणसे सात तालवृक्षोंको तत्काल बींध डाला और इस प्रकार अपने मित्रको आश्वासन देकर प्रसन्नताका अनुभव किया । इससे कपिराज सुग्रीवको बड़ा हर्ष हुआ । इसके बाद वे श्रीरघुनाथजी सुग्रीवके नगरमें गये । वहाँ वालीके भाई सुग्रीवने बड़ी विकट गर्जना की । उस गर्जनाको सुनकर वाली बड़े वेगसे घरके बाहर निकला । श्रीरामने युद्धमें उस वालीको मार गिराया और किष्किन्धाके राज्यसिंहासनपर सुग्रीवको बिठा दिया ॥ ६—९ ॥

षष्ठ खण्ड

शेष चरित्रका संक्षिप्त वर्णन; आवरण-पूजाके लिये यन्त्रस्थ देवताओंका निरूपण

तदनन्तर सुग्रीवने वानरोंको बुलाकर कहा—'वानर-वीरो ! तुम सब दिशाओंकी बातें जानते हो । इस समय शीघ्र यहाँसे जाओ और मिथिलेशकुमारी सीताको आज ही ढूँढ़ लाकर रघुनाथजीको अर्पित करो ।' (इस आदेशके अनुसार सब दिशाओंकी ओर बहुत-से वानर चल पड़े ।) तत्पश्चात् हनुमान्‌जी (जो कुछ प्रमुख वानरोंके साथ दक्षिण दिशामें खोज करनेके लिये भेजे गये थे) समुद्र लाँघकर लङ्कामें गये । वहाँ सीताजीका दर्शन करके उन्होंने अनेक असुरोंका वध किया और लङ्कामें आग लगा दी । फिर वहाँसे श्रीरामके पास लौटकर सब समाचार यथावत् कह सुनाया । तब भगवान् श्रीरामने क्रोधका अभिनय किया—रावणके प्रति क्रोधयुक्त होकर उन वानरोंको बुलाया और उनके साथ अस्त्र-शस्त्र लेकर लङ्कापुरीपर आक्रमण किया । लङ्काका भलीभाँति निरीक्षण करके भगवान्‌ने वहाँके राजा रावणके साथ युद्ध छेड़ दिया । उस युद्धमें भाई कुम्भकर्ण तथा पुत्र इन्द्रजित्‌के सहित रावणको मारकर उन्होंने विभीषणको वहाँका राजा बनाया और जनकनन्दिनी सीताको साथ ले उन्हें अपने वाम अङ्कमें बिठाकर उन सब वानरोंके साथ अपनी पुरी अयोध्याको प्रस्थान किया ॥ १—६ ॥

अब द्विभुजरूपधारी श्रीरघुनाथजी अयोध्याके राजसिंहासनपर विराजमान हैं । वे धनुष धारण किये हुए हैं । उनका चित्त स्वभावतः प्रसन्न है । वे सब प्रकारके आभूषणोंसे विभूषित हैं । दाहिने हाथमें ज्ञानमयी[1] और बायें हाथमें तेज-

---

१. ज्ञान-मुद्राका लक्षण इस प्रकार है—

तर्जन्यङ्गुष्ठकौ सक्तावग्रतो हृदि विन्यसेत् ।
वामं हस्ताम्बुजं वामे जानु मूर्धनि विन्यसेत् ।
ज्ञानमुद्रा भवेदेषा रामचन्द्रस्य वल्लभा ॥

दाहिने हाथकी तर्जनी और अँगूठेको सटाकर आगेकी ओर छातीपर रक्खे और बायें हाथको बायें घुटनेके ऊपर रक्खे । यह ज्ञानमुद्रा है, जो श्रीरामचन्द्रजीको बहुत प्रिय है ।

को प्रकाशित करनेवाली धनुर्मयी मुद्रा धारण करके वे सच्चिदानन्दमय परमेश्वर व्याख्यानकी मुद्रामें स्थित हैं ॥ ७-८ ॥

(इस प्रकार देवताओंकी स्तुतिसे लेकर श्रीरामके राज्याभिषेकतककी लीलाका संक्षेपसे वर्णन करके अब पुनः पूर्वोक्त षट्कोणका अनुसरण करके आवरण-पूजाके लिये यन्त्रस्थ देवताओंका वर्णन किया जाता है—)

श्रीरामचन्द्रजीके उत्तर और दक्षिणभागमें क्रमशः शत्रुघ्न और भरतजी स्थित हैं । हनूमान्‌जी श्रोताके रूपमें भगवान्‌के सम्मुख हाथ जोड़कर खड़े हैं । वे भी त्रिकोणके भीतर ही स्थित हैं । भरतके नीचे सुग्रीव हैं और शत्रुघ्नके नीचे विभीषण खड़े हैं । भगवान्‌के पीछेकी ओर छत्र-चँवर धारण किये लक्ष्मणजी विराजमान हैं ।* लक्ष्मणजीसे नीचे स्तरमें ताड़के पंखे हाथमें लिये हुए दोनों भाई भरत-शत्रुघ्न खड़े हैं । इस प्रकार लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्नको लेकर दूसरा त्रिकोण और बन जाता है । इस तरह छः कोण होते हैं । भगवान् श्रीराम पहले तो अपने बीज-मन्त्रस्वरूप दीर्घ अक्षरोंके ही आवरणसे घिरे हुए हैं । (वह प्रथम आवरण इस प्रकार है—'रां', 'रीं', 'रूं', 'रैं', 'रौं', 'रः') ॥ ९–११ ॥

द्वितीय आवरण यों है—वासुदेव, शान्ति, संकर्षण, श्री, प्रद्युम्न, सरस्वती, अनिरुद्ध और रति । ये क्रमशः भगवान्‌के आग्नेय आदि दिशाओंमें स्थित हैं । द्वितीय आवरणमें भगवान् इन सबसे संयुक्त रहते हैं । तृतीय आवरणमें हनुमान्, सुग्रीव, भरत, विभीषण, लक्ष्मण, अङ्गद तथा शत्रुघ्नकी गणना है । अर्थात् इन सबसे जब श्रीरघुनाथजी संयुक्त होते हैं, तब तृतीय आवरण सिद्ध होता है । इनके अतिरिक्त धृष्टि, जयन्त, विजय, सुराष्ट्र, राष्ट्रवर्धन, अकोप, धर्मपाल और सुमन्त्रसे आवृत होनेपर भी तृतीय आवरण ही रहता है । इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु, चन्द्रमा, ईशान, ब्रह्मा और अनन्त—इन दस दिक्पालोंसे जब भगवान् आवृत होते हैं, तब चतुर्थ आवरण होता है । (इनमें इन्द्र पूर्वके, अग्नि अग्निकोणके, यम दक्षिणके, निर्ऋति नैर्ऋत्यकोणके, वरुण पश्चिमके, वायु वायव्यकोणके, चन्द्रमा उत्तरके और ईशान—शिव ईशानकोणके अधिपति हैं । इन सबकी अपनी-अपनी दिशामें पूजा करनी चाहिये । ब्रह्माका स्थान पूर्व दिशा और ईशानकोणके मध्यभागमें है तथा अनन्तका स्थान नैर्ऋत्यकोण और पश्चिमके मध्यभागमें है । इन्द्र आदिके बीज-मन्त्र क्रमशः इस प्रकार हैं—लं रं मं क्षं वं यं सं हं आं नं) इन दिक्पालोंके बाह्य भागमें उनके ही वज्र आदि आयुध हैं, जिनसे आवृत भगवान् पूजनीय होते हैं । (उन आयुधोंके नाम क्रमशः इस प्रकार हैं—इन्द्रका वज्र, अग्निका शक्ति, यमका दण्ड, निर्ऋतिका खड्ग, वरुणका पाश, वायुका अङ्कुश, चन्द्रमाका गदा, ईशानका शूल, ब्रह्माका पद्म और अनन्तका चक्र ।) उसी आवरणमें नल आदि वानर भी भगवान्‌की शोभा बढ़ाते हैं । साथ ही वसिष्ठ-वामदेव आदि मुनि भगवान्‌की उपासनामें संलग्न रहते हैं ॥ १२—१६ ॥

---

१. धनुर्मयी मुद्रा इस प्रकार है—

वामस्य मध्यमाग्रं तु तर्जन्यग्रे नियोजयेत् ।
अनामिकां कनिष्ठां च तस्याङ्गुष्ठेन पीडयेत् । दर्शयेद् वामके स्कन्धे धनुर्मुद्रेयमीरिता ॥

बायें हाथकी मध्यमा अङ्गुलिके अग्रभागको तर्जनीके अग्रभागमें सटा दे और अनामिका तथा कनिष्ठिकाको अँगूठेसे दबावे । इस प्रकारकी भङ्गी बायें कंधेपर प्रदर्शित करे । यही धनुर्मुद्रा बतायी गयी है ।

२. व्याख्यानमुद्राका लक्षण यों है—

दक्षिणाङ्गुष्ठतर्जन्यावग्रलग्ने पराङ्गुलीः । प्रसार्य संहतोत्ताना पुंसा व्याख्यानमुद्रिका ॥
रामस्य च सरस्वत्या अत्यन्तं प्रेयसी मता । ज्ञानव्याख्या पुस्तकानां युगपत्सम्भवः स्मृतः ॥

दाहिने हाथके अँगूठे और तर्जनी अङ्गुलिके अग्रभाग परस्पर सटे हों और शेष तीन अङ्गुलियोंको फैलाकर रक्खा जाय । वे फैली अङ्गुलियाँ भी परस्पर सटी हुई और उत्तान हों । यह व्याख्यान-मुद्रा है । यह श्रीरामको और सरस्वतीको बहुत अधिक प्रिय है । इसके द्वारा ज्ञान, व्याख्यान तथा पुस्तक—तीनों मुद्राओंका एक साथ प्रकाशन माना गया है ।

* पहले लक्ष्मणको भगवान्‌के दक्षिण भागमें स्थित बता आये हैं और यहाँ पश्चिमभागमें उनकी स्थिति बतायी जाती है; परंतु इसमें विरोध नहीं है । वहाँ वनवासके समयका ध्यान है; अतः उसमें भरत आदिकी उपस्थिति नहीं है । यहाँ राज्याभिषेकके समय भरतजी भी हैं; अतः उस समय लक्ष्मणजीका पृष्ठभागमें स्थित होना उचित ही है ।

सप्तम खण्ड

पूजा-यन्त्रका विस्तृत वर्णन

इस प्रकार संक्षेपसे पूजा-यन्त्रका वर्णन किया गया । अब उसका पूर्णतः निर्देश किया जाता है । समरेखाओंके दो त्रिकोण बनाकर उनके मध्यभागमें दो प्रणवोंका पृथक्-पृथक् उल्लेख करे । फिर उन दोनोंके बीचमें आद्यबीज (रां) लिखकर उसके नीचे साध्य-कार्यका उल्लेख करे । साध्यका नाम द्वितीयान्त होना चाहिये । आद्यबीजके ऊपरी भागमें साधकका नाम लिखना चाहिये । साधकका नाम षष्ठ्यन्त रहना चाहिये । तत्पश्चात् बीजके दोनों ओर—वाम-दक्षिण पार्श्वोंमें एक-एक 'कुरु' पदका उल्लेख करना चाहिये । बीजके बीचमें और साध्यके ऊपर श्री-बीज 'श्रीं' लिखे । बुद्धिमान् पुरुष यह सब बीज आदि इस प्रकार लिखे कि वे दोनों प्रणवोंसे सम्पुटित रहें । फिर छहों कोणोंमें दीर्घस्वरसे युक्त मूल-बीजका उल्लेख करे; साथ ही क्रमशः एक-एकके साथ **'हृदयाय नमः'**, **'शिरसे स्वाहा'** इत्यादिको भी अङ्कित करे । (अर्थात् **'रां हृदयाय नमः'**, **'रीं शिरसे स्वाहा'**, **'रूं शिखायै वषट्'**, **'रैं कवचाय हुम्'**, **'रौं नेत्राभ्यां वौषट्'** तथा **'रः अस्त्राय फट्'**—इस प्रकार छः वाक्य छः कोणोंमें लिखने चाहिये ।) कोणोंके पार्श्व-भागमें रमाबीज (श्रीं) और माया-बीज (ह्रीं) लिखे तथा उसके आगे काम-बीज (क्लीं) का उल्लेख करे । कोणके अग्रभाग और भीतरी भागोंमें क्रोध-बीज (हुम्) लिखकर मन्त्र-साधक उस 'हुम्' के दोनों पार्श्वोंमें सारस्वत-बीज (ऐं) लिखे । फिर तीन वृत्त (गोलाकार रेखाएँ) बनाये (इनमें एक वृत्त तो षट्कोणके ऊपर होगा, एक मध्यमें होगा और एक दलोंके अग्रभागमें रहेगा)। इन तीन वृत्तोंके साथ-साथ एक अष्टदल कमल भी लिखे । कमलके जो केसर हैं, उनमें दो-दो अक्षरके क्रमसे सभी स्वर-वर्णोंका उल्लेख करे । आठों दलोंमें स्वरोंके ऊपर व्यञ्जन-वर्णोंके आठ वर्गोंका लेखन करे (आठ वर्ग ये हैं—कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, यवर्ग, शवर्ग और लवर्ग)। उन आठों दलोंमें अष्टवर्गके ऊपर आगे बताये जानेवाले माला-मन्त्रके ४७ वर्णोंका एक-एक दलमें छः-छः वर्णके क्रमसे उल्लेख करे । अन्तिम दलमें अवशिष्ट पाँच वर्णोंका ही उल्लेख होगा । पूर्वोक्त प्रकारसे पुनः एक अष्टदल कमल बनाये । उसके आठ दलोंमें **'ॐ नमो नारायणाय'** इस अष्टाक्षर-मन्त्रके एक-एक अक्षरका न्यास करे । उसके केसरमें रमा-बीज (श्रीं) लिखे । उसके ऊपर बारह दलोंका कमल बनाये । और उसके बारहों दलोंमें द्वादशाक्षर मन्त्र **'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय'** इसके एक-एक अक्षरको अङ्कित करे ॥ १–८ ॥

अष्टम खण्ड

पूजा-यन्त्रके अगले अङ्गोंका वर्णन

उक्त द्वादशदल कमलके केसरोंमें 'अकार'से लेकर 'क्ष' तकके वर्णोंको (१६ स्वर और ३५ व्यञ्जन) गोलाकार लिखे । (एक-एक केसरमें चार-चार अक्षर होंगे, किंतु अन्तिम केसरमें सात होंगे ।) उसके बाह्यभागमें पुनः षोडशदल कमल लिखे और उसके केसरोंमें माया-बीज (ह्रीं) का उल्लेख करे । उसके षोडश दलोंमें एक-एक अक्षरके क्रमसे 'हुं' 'फट्' 'नमः' तथा द्वादशाक्षर मन्त्र[1]को अङ्कित करे । षोडश दलोंकी संधियोंमें मन्त्रवेत्ता पुरुष हनुमान्‌जी आदिके बीज-मन्त्र लिखे । वे मन्त्र इस प्रकार हैं—**हं सं भं वृं लं अं जूं** और **श्रं** । (इनके अतिरिक्त धृष्टि आदिके बीज-मन्त्रोंका भी उल्लेख करे । ये हैं— **धूं जूं वृं सं ह्रं अं धूं** और **सं** । मूल श्लोकमें आये हुए 'च' से इनका समुच्चय होता है ।) उसके बाह्यभागमें बत्तीस दलोंका महाकमल बनाये, जो नाद और बिन्दुसे युक्त हो । उसके दलोंपर यत्नपूर्वक नारसिंह-मन्त्रराज[2]के बत्तीस अक्षरोंको लिखे । उन दलोंमें ही आठ वसु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य और सबको धारण करनेवाले[3] वषट्कारका न्यास एवं ध्यान

१. द्वादशाक्षर मन्त्र यह है—'ॐ ह्रीं भरताग्रज राम क्लीं स्वाहा' ।

२. नारसिंह-मन्त्रराज इस प्रकार है—

उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम् । नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम् ॥

३. वषट्कारके साथ मूल श्लोकमें 'धाता' शब्दका प्रयोग हुआ है, उसका अर्थ 'धारण करनेवाला' है । वषट्कार दानके अर्थमें प्रयुक्त होता है । दानसे ही समस्त लोक धारण किये जाते हैं, अतः 'धाता' पद 'वषट्कार' का विशेषण ही है । 'धाता' को देवतावाचक इसलिये नहीं मानना चाहिये कि बारह आदित्योंकी श्रेणीमें धाता नामक आदित्यका नाम आ चुका है । अथवा 'धाता' पद ब्रह्माजीका वाचक है और 'वषट्कार' उसका विशेषण है । ब्रह्माजी ही सबको जन्म और जीवन प्रदान करते हैं, अतः उनके लिये 'वषट्कार' विशेषण देना उपयुक्त ही है ।

करे। (वसु, रुद्र, आदित्य और वषट्कार—ये सब मिलकर बत्तीस हैं। इनका क्रमशः एक-एक दलमें ध्यान एवं न्यास करना चाहिये। ध्रुव, धर, सोम, आप, अनिल, अनल, प्रत्यूष तथा प्रभास—ये आठ वसु बताये गये हैं। विष्णु-पुराण (१। १। १५) के अनुसार हर, बहुरूप, त्र्यम्बक, अपराजित, शम्भु, वृषाकपि, कपर्दी, रैवत, मृगव्याध, शर्व और कपाली—ये ग्यारह रुद्र हैं। धाता, अर्यमा, मित्र, वरुण, अंश, भग, इन्द्र, विवस्वान्, पूषा, पर्जन्य, त्वष्टा तथा विष्णु—ये बारह आदित्य हैं)। उक्त बत्तीस दलोंवाले कमलके भी बहिर्भागमें भूगृह (भूपुर*) बनाये। उसके चारों दिशाओंमें वज्र तथा कोणोंमें शूलका चिह्न अङ्कित करे। उक्त भूपुरको तीन रेखाओंसे भी संयुक्त करे। ये रेखाएँ सत्त्वादि तीन गुणोंको सूचित करनेवाली होंगी। इसके सिवा—जैसे किसी मण्डपमें द्वार बने होते हैं, उसी प्रकार इसमें भी द्वार बनाये। साथ ही, उस भूपुरको राशि आदिसे भी विभूषित करे। अर्थात् उसे ज्योतिर्मण्डलके आकारका बनाकर उसमें यथास्थान राशि आदि स्थापित करे। उक्त भूपुर-यन्त्रको शेषनागसे युक्त बनाये अर्थात् इस पुरमें प्रदर्शित करे कि इस यन्त्रको शेषनागने धारण कर रक्खा है। (अथवा उसको आठों दिशाओंसे आठों नागोंने धारण कर रक्खा है। उनके नाम इस प्रकार हैं—अनन्त, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शङ्ख और कुलिक) ॥ १—६ ॥

नवम खण्ड

पूजा-यन्त्रके शेष भागका वर्णन तथा श्रीरामके माला-मन्त्रका स्वरूप एवं माहात्म्य

इस प्रकार भूपुर-यन्त्र लिखकर उसकी चारों दिशाओंमें नारसिंह बीज-मन्त्रका और कोणोंमें वाराह बीज-मन्त्रका अङ्कन करे। 'क्', 'ष्', 'र्', अनुग्रह (औ), इन्दु (अनुस्वार), नाद (ध्वनि) तथा शक्ति (माया) आदिसे युक्त जो 'क्ष्रौं' मन्त्र है, वही नारसिंह बीज-मन्त्र है। यह ग्रहबाधा-निवारण तथा शत्रुमारण आदि कर्ममें विनियुक्त होकर अभीष्ट-सिद्धि दिलानेमें प्रसिद्ध है। अन्त्य वर्ण (हकार) अर्धीश अर्थात् उकारसे युक्त हो, उसमें बिन्दु (अनुस्वार), नाद (ध्वनि) और शक्ति आदिका भी संयोग हो तो वह 'हुम्' इस प्रकार वाराह-बीज होता है। इस यन्त्रमें उस 'हुम्' को भी (कोणोंमें) अङ्कित करना चाहिये। अब श्रीरामसम्बन्धी माला-मन्त्रका वर्णन किया जायगा ॥ १—३ ॥

इसमें पहले तो तार (प्रणव) है, फिर 'नमः' पद है। इसके बाद निद्रा (भ), फिर स्मृति (ग), फिर मेद (व), उसके बाद कामिका (तकार) है, जो रुद्र अर्थात् ए से युक्त है। तदनन्तर अग्नि (र), फिर मेधा (घ) है, जो अमर (उ) से विभूषित है। उसके बाद दीर्घ कला (न) है, जो अक्रूर अर्थात् सौम्य—चन्द्रमा (अनुस्वार) से संयुक्त है। तत्पश्चात् ह्रादिनी (द) है। फिर दीर्घा कला (न) है, जो मानदा कला (आ) से सुशोभित है। उसके बाद क्षुधा (य) है। यहाँतक 'ॐ नमो भगवते रघुनन्दनाय' की सिद्धि हुई। तदनन्तर क्रोधिनी (र), अमोघा (क्ष्) और विश्व (ओ) है, जो मेधा (घ्) से संयुक्त है। फिर दीर्घा (न) है, उसके बाद ज्वालिनी अर्थात् वह्नि-कला (व) है, जो सूक्ष्म—रुद्र (इकारकी मात्रा) से युक्त है। फिर मृत्यु—प्रणवकला (श्) है, जो प्रतिष्ठा अर्थात् उच्चारणके आधारस्वरूप 'अ' से संयुक्त है। फिर ह्रादिनी (दा) और त्वक् (य) है। इससे 'रक्षोघ्नविशदाय' इस मन्त्रभाग-का उद्धार हुआ। तदनन्तर क्ष्वेल (म), प्रीति (ध), अमर (उ), ज्योति (र), तीक्ष्णा (प्), जो अग्नि (र), से संयुक्त है, श्वेता (स), जो अनुस्वारसे युक्त है, फिर कामिका अर्थात् तकारसे पाँचवाँ अक्षर (न), फिर 'ल'के बादका अक्षर (व), 'त'के बादवाले 'थ' के पीछेका अक्षर (द), फिर 'ध' के बादका अक्षर (न) है, जो अनन्त (आ) से संयुक्त है। तत्पश्चात् दीर्घस्वरसे युक्त वायु (या), सूक्ष्म (ह्रस्व) इकारसे युक्त विष—मकार (मि), कामिका (त), फिर कामिकामें रुद्र (ए) का संयोग=(ते) है। तदनन्तर स्थिरा (ज) है, उसके बाद 'स' अक्षर और उसमें 'ए'की मात्रा है (से)। इस प्रकार 'मधुरप्रसन्नवदनायामिततेजसे' इस मन्त्रभागका उद्धार हुआ। इसके बाद तापिनी (ब), दीर्घ (ल) और उसमें भू यानी दीर्घ 'आ' की मात्रा है। फिर अनिल (य) है। इस प्रकार 'बलाय' की सिद्धि हुई। तत्पश्चात् अनन्तग अनल अर्थात् 'आ' की मात्रासे युक्त रेफ (रा) है, फिर नारायणात्मक—अर्थात् आकारकी मात्रासहित काल—मकार (मा) है, उसके बाद प्राण (य) है। इससे 'रामाय' की सिद्धि हुई। तदनन्तर विद्यायुक्त अम्भस् अर्थात्

* भूपुर-यन्त्रका लक्षण इस प्रकार दिया गया है—'भूमेश्चतुरस्रं सवज्रकं पीतं च'—चौकोर रेखा, वज्र-चिह्नका संयोग और पीला रंग—यह भूपुर है।

इकारकी मात्रासे युक्त वकार (वि) है। फिर पीता (ष्), रति (ण), और 'ल'के वादका (व) है, जो योनि (ए) से युक्त है। इससे 'विष्णवे' की सिद्धि हुई। अन्तमें पुनः नति—प्रणामका वाचक 'नमः' शब्द और प्रणव है ॥ ४—९ ॥

'ॐ नमो भगवते रघुनन्दनाय रक्षोघ्नविशदाय मधुरप्रसन्नवदनायामिततेजसे बलाय रामाय विष्णवे नमः ॐ ॥'

यह सैंतालीस अक्षरोंका मालामन्त्र राज्याभिषिक्त भगवान् श्रीरामसे सम्बन्ध रखता है। सगुण होनेपर भी उपासकोंके तीनों गुणोंका नाशक है (अर्थात् त्रिगुणमयी मायाका बन्धन नष्ट करके उन्हें दिव्य साकेत धामकी प्राप्ति करानेवाला है)। इस मन्त्रको पहले बताये हुए क्रमसे ही लिखना चाहिये ॥ १० ॥

यह उपर्युक्त यन्त्र सर्वात्मक—सर्वस्वरूप है। प्राचीन आचार्योंने इसका उपदेश किया है तथा ऋषि-महर्षियोंने भी इस मन्त्रका सेवन किया है। जो इसका सेवन करते हैं, उन्हें यह मोक्ष देता तथा उनकी आयु और आरोग्यकी वृद्धि करता है। इतना ही नहीं, यह पुत्रहीनोंको पुत्र भी देता है। अधिक कहनेसे क्या लाभ, इस मन्त्रके सेवनसे मनुष्य सब कुछ बहुत शीघ्र पा जाते हैं। इसके आश्रयसे उपासक धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य आदिको भी प्राप्त कर सकते हैं ॥ ११-१२ ॥

यह अत्यन्त गोपनीय रहस्य है। इस प्रकार जो यह यन्त्र बताया गया है, बिना उपदेशके किसी परम सामर्थ्यशाली पुरुषके लिये भी दुर्गम है। प्राकृत जनोंको इसका उपदेश नहीं देना चाहिये ॥ १३ ॥

दशम खण्ड

पूजाकी सविस्तर विधि

सर्वप्रथम द्वार[1]-पूजा करके पद्मासन[2] आदि आसनसे बैठे; फिर प्रसन्नचित्त होकर पञ्चभूत आदिकी शुद्धि करे। (पृथिवी आदि तत्त्वोंको क्रमशः अपने कारणमें लय करते हुए अन्तमें सब कुछ परमात्मामें लय कर देना ही तत्त्वोंका शोधन है। भूत[3]शुद्धि

१. द्वारपूजाकी विधि इस प्रकार है। आचार्य विधिपूर्वक स्नान करके पूर्वाह्ण-कृत्य (संध्या-वन्दन आदि नित्य-नियम) कर लेनेके पश्चात् वस्त्र और माला आदिसे अलङ्कृत हो पूजनादिरूप यज्ञके लिये मौनभावसे यज्ञ-मण्डपमें पदार्पण करे। वहाँ सविधि आचमन करके सामान्यतः पूजाके लिये अर्घ्य बनाकर रख ले। फिर मन्त्रयुक्त जलसे द्वारका अभिषेक करके उसका पूजन आरम्भ करे। द्वारके ऊपरी भागमें उदुम्बर (गूलर) का काष्ठ हो; उसमें विघ्न, लक्ष्मी तथा सरस्वतीका ('विं विघ्नाय नमः, लं लक्ष्म्यै नमः, सं सरस्वत्यै नमः'—इन मन्त्रोंसे) आवाहन-पूजन करे। तत्पश्चात् द्वारकी दक्षिण शाखामें विघ्नका और वाम शाखामें क्षेत्रपालका पूजन करे। इन दोनोंके पार्श्वभागमें क्रमशः गङ्गा-यमुनाका पुष्प और जलसे पूजन करे। (दक्षिण द्वारभागमें गङ्गाका और वाम द्वारभागमें यमुनाका पूजन करना उचित है।) तत्पश्चात् द्वारके निचले भागमें देहलीपर 'अस्त्राय फट्'का उच्चारण करते हुए 'अस्त्र'की पूजा करे। प्रत्येक द्वारपर इसी क्रमसे पूजन करना चाहिये।

२. पद्मासन लगानेकी विधि यह है। बायीं जाँघपर दाहिना चरण रक्खे और दायीं जाँघपर बायाँ चरण रक्खे। फिर दाहिने हाथको पीठकी ओरसे ले जाकर बायें चरणका अँगूठा दृढ़ताके साथ पकड़ ले। इसी प्रकार बायें हाथको पीछेकी ओरसे ले आकर दाहिने चरणका अँगूठा पकड़ ले। फिर गर्दन झुकाकर अपनी ठोढ़ीको छातीमें सटा ले और नेत्रोंसे केवल नासिकाके अग्रभागको ही देखे। यह योगाभ्यासी पुरुषोंके उपयोगमें आनेवाला पद्मासन कहलाता है; यह रोगोंका नाश करनेवाला है। परंतु जो भगवान्‌की पूजा करने बैठा हो, वह दोनों हाथोंसे अँगूठा पकड़नेका कार्य न करे; क्योंकि वैसे करनेपर हाथ खाली न रहनेसे पूजा सम्भव न होगी।

३. भूतशुद्धिका प्रकार यह है। अपने शरीरमें पैरोंसे लेकर घुटनोंतकका भाग पृथिवीका स्थान है—ऐसी भावना करे। यह पृथिवीका स्थान चौकोर, वज्रके चिह्नसे युक्त और पीतवर्ण है; इसमें 'लं' बीज अङ्कित है। इस प्रकार चिन्तन करे। घुटनोंसे लेकर नाभितकके भागको जलका स्थान मानकर यह भावना करे कि इसकी आकृति अर्धचन्द्रके समान और वर्ण शुक्ल है। इसमें कमलका चिह्न है। इस जलमण्डलमें 'वं' बीज अङ्कित है। नाभिसे लेकर कण्ठतकके भागको भावनाद्वारा त्रिकोणाकार अग्निमण्डलके रूपमें देखे। उसका वर्ण लाल है, उसमें स्वस्तिकका चिह्न और 'रं' बीज अङ्कित है—इस प्रकार चिन्तन करे। कण्ठसे ऊपर भौंहोंके मध्यतकका भाग वायुमण्डल है। उसका वर्ण कृष्ण है, आकृति षट्कोण है और वह छः बिन्दुओंसे चिह्नित है। उसमें 'यं' बीज अङ्कित है। यों ध्यानद्वारा देखे। भौंहोंके मध्यसे लेकर ब्रह्मरन्ध्रतकका भाग आकाशमण्डल है। उसकी आकृति गोल और रंग धूएँके समान है। उसमें ध्वजका चिह्न और 'हं' बीज अङ्कित है। ऐसा ध्यान करे। इस प्रकार चिन्तन करनेके पश्चात् उन भूतोंका लय करे। पृथिवीको जलमें, जलको अग्निमें, अग्निको वायुमें, वायुको आकाशमें तथा आकाशको अव्यक्त प्रकृतिमें विलीन करे। यह प्रकृति ही अपरब्रह्म अथवा माया कहलाती है; इसका परमात्मामें लय करे। इस प्रकार भावनाद्वारा समस्त देहादि प्रपञ्चका परमात्मामें लय करके कुछ क्षणतक परमात्मरूपसे ही स्थित रहे, अर्थात् ध्यानद्वारा यह देखे कि मैं परमात्मामें मिलकर उनसे अभिन्न हो गया हूँ। फिर (ध्यानसे जगनेपर) अपने लिये

यह प्राण-प्रतिष्ठा और मातृकान्यासका भी उपलक्षण है।) भगवान् श्रीरामके पूजन-क्रममें सिंहासनपीठके अधोभाग, ऊर्ध्वभाग तथा पार्श्वभाग आदिमें भी देव-पूजन करनेकी विधि है। पीठके ऊपर मध्यभागमें जो अष्टदल कमल है,

भावनाद्वारा ही परम पवित्र शरीरकी सृष्टि करे। मानो परमात्मासे शब्द-ब्रह्मात्मिका माया प्रकट हुई है। यही जगन्माता और परा प्रकृति है। इस जगन्मातासे आकाश उत्पन्न हुआ है। आकाशसे वायु, वायुसे अग्नि, अग्निसे जल और जलसे पृथिवी प्रकट हुई है। इन विशुद्ध भूतोंसे अपना यह तेजोमय शरीर निर्मित हुआ है, जो परम पवित्र होनेके कारण आराध्यदेवकी आराधनाके सर्वथा योग्य है। उस शरीरमें सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, समस्त देवतारूप, सम्पूर्ण मन्त्रमय एवं कल्याणमय परमात्मा ही आत्मा एवं कारणरूपसे विराजमान हैं। इस प्रकारकी भावना ही मुख्यतः भूतशुद्धि कही गयी है।

भूतशुद्धिकी दूसरी प्रक्रिया इस प्रकार है। साधक यह भावना करे कि मेरा हृदय एक प्रफुल्ल कमल है, जो प्रणवके द्वारा विकासको प्राप्त हुआ है। धर्म ही इस हृदय-कमलका मूल और ज्ञान ही नाल (मृणाल) है। यह बहुत ही शोभायमान है। अणिमा आदि आठ ऐश्वर्य ही इसके आठ दल हैं। वैराग्य ही इसकी कर्णिका (मध्यभाग) है। इस कर्णिकामें जीवात्मा विराजमान है, जिसकी आकृति दीपककी ज्योतिके समान है। ऐसी भावनाके साथ साधक उस जीवात्माको सुषुम्णा नाड़ीके मार्गसे ब्रह्मरन्ध्रतक ले जाय और उसे परमात्मामें मिला दे। उस समय वह अपनेको परमात्मासे अभिन्न देखता हुआ 'सोऽहम्' मन्त्रका चिन्तन करता रहे। फिर योगयुक्त विधिसे अन्य सब (पृथिवी आदि) तत्त्वोंको भी वहीं परमात्मामें विलीन कर दे। तत्पश्चात् अनादि जन्मोंमें सञ्चित किये हुए पाप-समुदायका एक पुरुषके रूपमें चिन्तन करे। ब्रह्महत्या उस पापपुरुषका मस्तक है, सुवर्णकी चोरी उसकी दो भुजाएँ हैं, सुरापानरूपी हृदयसे वह युक्त है। गुरुपत्नी-गमन ही उसके दो कटिभाग हैं। इन पापों और पापियोंका संसर्ग ही उसके युगल चरण हैं। उसका अङ्ग-प्रत्यङ्ग पातकमय ही है। उपपातक ही उसके रोएँ हैं। उसकी मूँछ-दाढ़ीके बाल और नेत्र लाल हैं। उसके शरीरका रंग काला है और वह अपने हाथोंमें ढाल-तलवार लिये हुए है। ऐसे पापमय पुरुषको अपनी कुक्षिके भीतर दाहिने भागमें स्थित देखते हुए चिन्तन करे। तत्पश्चात् पूरक आदिके क्रमसे अर्थात् पूरक, कुम्भक और रेचकरूप प्राणायामके द्वारा प्राणवायुको रोककर 'यं' बीज एवं वायुके द्वारा उस पापपुरुषके शरीरको सुखा दे। फिर अग्नि-बीज 'रं'के द्वारा अग्नि प्रकट करके उससे उसके शुष्क शरीरको जला डाले। तत्पश्चात् उत्तम बुद्धिसे युक्त विद्वान् पुरुष यह चिन्तन करे कि उस पापपुरुषके दग्ध शरीरका भस्म मेरी नासिकाके मार्गसे बाहर निकल आया है। तदनन्तर 'वं' इस बीजके द्वारा जल प्रकट करके उससे अपने समस्त शरीरको आप्लावित कर दे। इस प्रकार उस भावनामय दिव्य जलमें स्नान करके जब समस्त शरीर निर्मल एवं देवोपासनाके योग्य हो जाय, तब अपने साथ परमात्मामें लीन हुए पृथिवी आदि तत्त्वोंको पुनः अपनी-अपनी पूर्वावस्थामें पहुँचा दे। फिर जीवात्माको भी परमात्मासे पृथक् करके 'हंसः' इस मन्त्रका जप करते हुए विधिपूर्वक हृदय-कमलपर ले आये। इस प्रकार भूतशुद्धि कर लेना आवश्यक है। भूतशुद्धिके बिना की हुई पूजा अभिचार तथा बिना भक्तिके पूजनकी भाँति विपरीत फल दे सकती है।

१. इस प्रकार भूतशुद्धि करनेके पश्चात् प्राण-प्रतिष्ठा करनी चाहिये। इसका विनियोग इस प्रकार है—'अस्य श्रीप्राणप्रतिष्ठा-मन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा ऋषयः ऋग्यजुःसामाथर्वाणि छन्दांसि क्रियामयवपुःप्राणाख्या देवता आं बीजं ह्रीं शक्तिः क्रौं कीलकम्, अस्यां मूर्तौ प्राणप्रतिष्ठापने विनियोगः।' इस प्रकार विनियोग करके भगवान्‌की प्रतिमा अथवा यन्त्रपर हाथ रखकर निम्नाङ्कित मन्त्र पढ़े—

'ॐ आं ह्रीं क्रों अं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं अः क्रों ह्रीं आं हंसः सोऽहम्, अस्यां मूर्तौ अमुष्य प्राणा इह प्राणाः।'

इसका उच्चारण करते समय भावना करनी चाहिये कि इस भगवद्विग्रहमें प्राण-संचार हो रहा है। 'अस्यां मूर्तौ' के आगे 'अमुष्य' के स्थानमें 'श्रीरामस्य' इत्यादि आवश्यकताके अनुसार जोड़ लेना चाहिये।

इसी प्रकार पूर्वोक्त बीजोंको 'ॐ आं''से लेकर''सोऽहम्' तक पुनः पढ़कर 'अस्यां मूर्तौ अमुष्य जीव इह स्थितः' इस वाक्यका उच्चारण करते हुए यह भावना करनी चाहिये कि इस भगवद्विग्रहमें जीवात्मारूपसे भगवान् स्वयं विराजमान हो रहे हैं। इसी प्रकार पुनः 'ॐ आं ह्रीं' इत्यादि पढ़कर 'अस्यां मूर्तौ अमुष्य सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनस्त्वक्चक्षुःश्रोत्रजिह्वाघ्राणपाणिपादपायूपस्थानि इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु' इसका उच्चारण करते हुए विग्रह अथवा यन्त्रमें भगवान्‌की सम्पूर्ण इन्द्रियोंके आविर्भावकी भावना करे। 'अमुष्य' के स्थानपर सर्वत्र 'आराध्यदेव' के नामका षष्ठ्यन्त रूप लेना चाहिये और प्रत्येक कार्यमें तीन-तीन बार पाठ करना चाहिये। तत्पश्चात् गर्भाधानादि संस्कारकी सिद्धिके लिये पंद्रह बार प्रणव-जप करना आवश्यक है। प्राणप्रतिष्ठाके समय भगवद्विग्रहमें ऋषि आदिका न्यास भी करना चाहिये। उसका प्रकार यों है—'ॐ ब्रह्मविष्णुमहेश्वरऋषिभ्यो नमः' शिरसि। 'ऋग्यजुःसामाथर्वच्छन्दोभ्यो नमः' मुखे। 'प्राणदेवतायै नमः' हृदि। 'आं बीजाय नमः' गुह्ये। 'ह्रीं शक्तये नमः' पादयोः। 'क्रों कीलकाय नमः' नाभौ। इन छः मन्त्रोंका क्रमशः उच्चारण करते हुए सिर, मुख, हृदय, गुह्य (गुदा), दोनों पैर और नाभिका दाहिने हाथकी अङ्गुलियोंसे स्पर्श करना चाहिये। किसी-किसीके मतसे प्राणप्रतिष्ठा-मन्त्रमें केवल ब्रह्मा ही ऋषि, विराट् छन्द और प्रणव बीज है।

२. मातृकान्यासका क्रम इस प्रकार है। निम्नाङ्कित वाक्यका उच्चारण करके विनियोग करे—'ॐ अस्य मातृकान्यासमन्त्रस्य ब्रह्मा

उसका भी पूजन करे। रत्नमय सिंहासनपर मुलायम, चिकनी तथा सिंहासनके आकारकी तूलिका (रूईदार गद्दी) की भावना करके उसपर भगवत्स्वरूप आचार्यका पूजन करके पीठके अधोभागमें आराध्य-देवताके आसनके नीचे आधारशक्ति, कूर्म (कच्छप), नाग (शेषनाग) तथा पृथ्वीमय दो कमलोंकी भावना करके उन सबकी पूजा करे* ॥ १-२ ॥

विघ्न, दुर्गा, क्षेत्रपाल तथा वाणीका इनके नामके आदिमें बीज लगाकर नामके साथ चतुर्थी विभक्तिका प्रयोग करते हुए पूजन करना चाहिये। (नामके आदि अक्षरको ही प्रणव और बिन्दुसे सम्पुटित कर देनेपर वह देवताका बीज-मन्त्र बन जाता है। ऐसा ही बीज लगाकर मण्डपके द्वारदेशमें विघ्न आदिकी पूजा करनी चाहिये। पूजाका मन्त्र इस प्रकार है—'ॐ विं विघ्नाय नमः, ॐ दुं दुर्गायै नमः, ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः, ॐ वां वाण्यै नमः)। फिर पीठके पायोंमें, जो अग्निकोण आदिमें स्थित हैं, क्रमशः धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका पूजन करे।† और पीठके अवयवगत पूर्वादि दिशाओं-में क्रमशः अधर्म, अनर्थ, अकाम और अमोक्षकी पूजा करे। फिर पीठके ऊपर मध्यभागमें उत्तम पुरुषोंद्वारा पूजित सूर्य, चन्द्र एवं अग्निका क्रमशः पूजन करे। यन्त्रमें जो बीज (कर्णिका) सहित तीन वृत्त (गोलाकार चिह्न) हैं, उन्हें क्रमशः सत्त्व, रज और तमका प्रतीक मानकर चिन्तन और पूजन करना चाहिये‡ ॥ ३-४ ॥

ऋषिः गायत्री छन्दः सरस्वती देवता भगवत्प्रीतये ललाटाद्यङ्गेषु मातृकावर्णानां न्यासे विनियोगः।' तत्पश्चात् निम्नाङ्कित छः वाक्योंको पढ़कर न्यास करे—१—'अं कं खं गं घं ङं आं' हृदयाय नमः। २—'इं चं छं जं झं ञं ईं' शिरसे स्वाहा। ३—'उं टं ठं डं ढं णं ऊं' शिखायै वषट्। ४—'एं तं थं दं धं नं ऐं' कवचाय हुम्। ५—'ओं पं फं बं भं मं औं' नेत्रत्रयाय वौषट्। ६—अं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं अः' अस्त्राय फट्। इनमेंसे पहले तीन वाक्योंको पढ़कर दाहिने हाथकी अँगुलियोंसे क्रमशः हृदय, सिर और शिखाका स्पर्श करना चाहिये। चौथे वाक्यको पढ़कर दाहिने हाथसे बायें और बायें हाथसे दायें कंधेका एक साथ ही स्पर्श करना चाहिये। पाँचवें वाक्यका उच्चारण करके दाहिने हाथकी अङ्गुलियोंके अग्रभागसे दोनों नेत्रों और ललाटके मध्यभागका स्पर्श करना चाहिये तथा छठे वाक्यको पढ़कर दाहिने हाथको सिरके ऊपरसे बायीं ओरसे पीछेकी ओर ले जाकर दाहिनी ओरसे आगेकी ओर तर्जनी तथा मध्यमा अङ्गुलियोंसे बायें हाथकी हथेलीपर ताली बजाये। तदनन्तर ध्यान करे—'मैं उज्ज्वल कान्ति एवं तीन नेत्रोंसे विभूषित माता सरस्वती देवीकी शरण लेता हूँ। उनके मुख, भुजा, चरण, कटिभाग एवं वक्षःस्थल आदि अङ्ग पचास अक्षरोंमें विभक्त हैं। मस्तकपर अर्धचन्द्रजटित चमचमाता हुआ किरीट शोभा पा रहा है। उनके उरोज सब ओरसे उभरे हुए—स्थूल एवं ऊँचे हैं। वे अपने कर-कमलोंमें मुद्रा, अक्षसूत्र, अमृतपूर्ण कलश और विद्या धारण किये हुए हैं।' इस प्रकार ध्यान करके ललाट, मुख-मण्डल, दोनों नेत्र, दोनों कान, दोनों नासिका, दोनों कपोल, दोनों ओष्ठ, दोनों दन्तपङ्क्ति, मस्तक, मुख, दोनों बाहुमूल, दोनों कूर्पर (कोहनी), दोनों मणिबन्ध (कलाई), दोनों हाथोंके अङ्गुलिमूल, दोनों हाथोंके अङ्गुल्यग्र, दोनों ऊरुमूल, दोनों जानु (घुटने), दोनों गुल्फ (टखने), दोनों पैरोंके अङ्गुलिमूल, दोनों पैरोंके अङ्गुल्यग्र, दोनों पार्श्वभाग, पीठ, नाभि, उदर, हृदय, दायें कंधे, ककुद् (गलेके पीछेका भाग), बायें कंधे, हृदयादि दक्षिणहस्त, हृदयादि वामहस्त, हृदयादि दक्षिणपाद, हृदयादि वामपाद, हृदयादि उदर तथा हृदयादि मुख—इन अङ्गोंमें 'अं नमः, आं नमः' इत्यादिरूपसे ५१ मातृका-वर्णोंका न्यास करे।

* आधारशक्तिका ध्यान एक देवीके रूपमें करना चाहिये। वह अपने दोनों हाथोंमें दो कमल धारण किये हुए है। उस आधारशक्तिके मस्तकपर भगवान् कूर्म विराजमान हैं, उनकी कान्ति नीले रंगकी है। उनके ऊपर भगवान् अनन्त (शेषनाग) की स्थिति है, जो ब्रह्ममयी शिलापर आसीन हैं। उनके श्रीअङ्ग कुन्दसदृश गौर हैं। उनके हाथमें चक्र है तथा उन्होंने मस्तकपर वसुन्धरा देवीको धारण कर रक्खा है। देवी वसुन्धराकी अङ्गकान्ति तमालके समान श्यामल है। वे नील कमल धारण करती हैं। उनके कटिप्रदेशमें लहराता हुआ समुद्र ही मेखला (करधनी) की शोभा दे रहा है। उक्त वसुन्धरापर एक रत्नमय द्वीप है, जहाँ मणिमय मण्डप शोभा पा रहा है। इस क्रमसे मण्डपतककी पूजा करके उसके प्रवेश-द्वारपर विघ्न आदिकी पूजा करनी चाहिये।

† धर्म आदिका ध्यान और पूजन-क्रम इस प्रकार है। साधकको उसकी इच्छाके अनुरूप सिद्धि प्रदान करनेवाले चार कल्पवृक्ष हैं, ऐसी भावना करके उनकी पूजा करे। फिर उनके नीचे मण्डलाकार एवं तेजसे जाज्वल्यमान वेदीकी भावना करके उसकी पूजा करे। उस वेदीपर रत्नमय पीठका धर्म आदिके साथ पूजन करे। धर्मका रंग लाल है, वह वृषभरूपसे स्थित है। अर्थका रंग साँवला है, वह सिंहकी आकृति धारण किये हुए है। कामका रंग हल्दीके समान पीला है, वह भूतकी आकृतिमें है तथा मोक्षका रंग नीला है, उसका आकार हाथीके समान है। पीठके पायोंमें अग्निकोण आदिमें धर्म आदिका तथा पीठके अन्य अवयवोंमें पूर्वादि दिशाओंमें क्रमशः अधर्म आदिका पूजन करे। तत्पश्चात् कमलका पूजन आरम्भ करे।

‡ ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः—इन मन्त्रोंसे सत्त्वादिरूप तीनों वृत्तोंका पूजन करे।

तत्पश्चात् दिशाओं और कोणोंमें स्थित कमलके आठ दलोंकी पूजा करे। इनमेंसे जो दल मध्यवर्ती दिशा अर्थात् कोणोंमें हैं, उनमें आग्नेय कोणसे आरम्भ करके क्रमशः आत्मा (लिङ्ग), अन्तरात्मा (जीव), परमात्मा (ईश्वर) और ज्ञानात्मा (लीला-पुरुषोत्तम)का पूजन करे[1] तथा पूर्वादि दिशाओंमें क्रमशः माया-तत्त्व, विद्या-तत्त्व, कला-तत्त्व एवं पर-तत्त्वकी पूजा करे[2]। तदनन्तर विमला[3] आदि शक्तियोंका विधिवत् पूजन करे। फिर प्रधान देवताका आवाहन और पूजन करे[4]। इसके बाद जल आदिसे अङ्गव्यूहों[5]की पूजा करके धृष्टि[6] आदि, लोकपालगण, उनके अस्त्र[7], वसिष्ठ[8] आदि मुनि तथा नील[9] आदिके साथ चन्दन आदि उपचारों तथा नाना प्रकारके श्रेष्ठ उपहारोंद्वारा श्रीरघुनाथजीकी आराधना करे। उनकी पूजा करके विधिपूर्वक जप आदि भी उन्हें समर्पित करे। 'जो ऐसी महिमावाले, जगत्के आधारभूत और सच्चिदानन्दस्वरूप हैं, जिनके करकमलोंमें गदा, चक्र, शङ्ख और पद्म शोभा पा रहे हैं तथा जो भव-बन्धनका नाश करनेवाले हैं, उन भगवान् श्रीरामको मैं प्रणाम करता हूँ[11]।' यों कहकर उनकी वन्दना करे। जो इस प्रकार भगवान् श्रीरामका ध्यान करते हैं, वे सब लोग मोक्ष (भगवान्का परमधाम) प्राप्त कर लेते हैं। विश्वव्यापी भगवान् श्रीराम लीला-संवरण-कालमें सशरीर अन्तर्धान हो गये थे। (अन्य प्राणियोंकी भाँति उन्होंने देहत्याग नहीं किया था।) शङ्ख-चक्र-गदा-पद्मरूप उनके आयुध भी साथ ही अन्तर्धान हुए। उन्होंने अपने स्वाभाविक स्वरूपको धारणकर सीताजीके साथ परमधाममें पदार्पण किया। उस समय उनके साथ सारा परिवार—पुरजन, परिजन, समस्त भाई, समस्त प्रजाजन तथा विभीषण आदि शत्रुके वंशज भी परमधाममें चले गये। जो उनके भक्त होते हैं, वे मनोवाञ्छित भोगोंको पाते हैं, प्राप्त हुए भोगोंका उपभोग करते हैं तथा अन्तमें वे भी भगवान्के परमपदको प्राप्त करते हैं। जो लोग सम्पूर्ण कामनाओं और अर्थोंको देनेवाली इन ऋचाओंका पाठ करते हैं, वे शुद्धान्तःकरण होकर मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं। जो पाठ करते हैं, वे निर्मल अन्तःकरणवाले होकर मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं॥ ५—१०॥

॥ अथर्ववेदीय श्रीरामपूर्वतापनीयोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

---

१. पूजाके मन्त्र इस प्रकार हैं—ॐ आत्मने नमः, अन्तरात्मने नमः, परमात्मने नमः, ज्ञानात्मने नमः। २. मायातत्त्वाय नमः। विद्यातत्त्वाय नमः। कलातत्त्वाय नमः। परतत्त्वाय नमः॥ ३. विमला, उत्कर्षिणी, ज्ञाना, क्रिया, योगा, प्रह्वी, सत्या, ईशाना और अनुग्रहा—ये पीठकी शक्तियाँ हैं। इनका स्थान अष्टदल कमलके केसरोंमें है। ये वर और अभयकी मुद्राओंसे युक्त होती हैं। ४. 'ॐ नमो भगवते रघुनन्दनाय.....' इत्यादि मूल-मन्त्रका उच्चारण करके 'आहूतो भव' यों कहकर आवाहनकी मुद्रा दिखाये। दोनों हाथोंकी अञ्जलि बनाकर अनामिका अँगुलियोंके मूलपर्वपर अँगूठेको लगा देना—यह आवाहनकी मुद्रा है। यही अधोमुखी (नीचेकी ओर मुखवाली) कर दी जाय तो स्थापिनी (बिठानेवाली) मुद्रा कहलाती है। अँगूठोंको ऊपर उठाकर दोनों हाथोंकी संयुक्त मुट्ठी बाँध लेनेपर संनिधापिनी (निकट सम्पर्कमें लानेवाली) मुद्रा बन जाती है। यदि मुट्ठीके भीतर अँगूठेको डाल दिया जाय तो संरोधिनी (रोक रखनेवाली) मुद्रा कहलाती है। दोनों मुट्ठियोंको उत्तान कर देनेपर इसका नाम सम्मुखीकरणी (सम्मुख करनेवाली) मुद्रा होता है। ५. हृदय, मस्तक आदि भिन्न-भिन्न अङ्गोंकी जल आदिसे पूजा ही अङ्गव्यूहोंकी पूजा है। ६. धृष्टि, जयन्त, विजय, सुराष्ट्र, राष्ट्रवर्धन, अकोप, धर्मपाल और सुमन्त्र। ७. इन्द्र, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु, चन्द्रमा, ईशान, ब्रह्मा और अनन्त। ८. वज्र, शक्ति, दण्ड, खड्ग, पाश, अङ्कुश, गदा, शूल, चक्र और पद्म—ये क्रमशः इन्द्र आदिके आयुध हैं। ९. वसिष्ठ, वामदेव, जाबाल, गौतम, भरद्वाज, विश्वामित्र, वाल्मीकि, नारद, सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार। १०. नील, नल, सुषेण, मैन्द, शरभ, द्विविद, धनद, गवाक्ष, किरीट, कुण्डल, श्रीवत्स, कौस्तुभ, शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म—ये सोलह नील आदि हैं।

११. एवंभूतं जगदाधारभूतं रामं वन्दे सच्चिदानन्दरूपम्। गदारिशङ्खाब्जधरं भवारिं स यो ध्यायेन्मोक्षमाप्नोति सर्वः॥

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

श्रीरामोत्तरतापनीयोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

काशी एवं तारक-मन्त्रकी महिमा; ॐकाररूप पुरुषोत्तम रामके चार पाद

ॐ बृहस्पतिने याज्ञवल्क्यसे पूछा—'ब्रह्मन् ! जिस तीर्थके सामने कुरुक्षेत्र भी छोटा लगे, जो देवताओंके लिये भी देव-पूजनका स्थान हो, जो समस्त प्राणियोंके लिये परमात्म-प्राप्तिका निकेतन हो, वह कौन है ?' यह प्रश्न सुनकर याज्ञवल्क्यने उत्तर दिया—'निश्चय ही अविमुक्त तीर्थ ही प्रधान कुरुक्षेत्र (सत्कर्मका स्थान) है । वही देवताओंके लिये भी देव-पूजाका स्थान है; वही समस्त प्राणियोंके लिये परमात्म-प्राप्तिका निकेतन है। अतः जहाँ कहीं भी जाय, उस अविमुक्त तीर्थको ही प्रधान कुरुक्षेत्र माने । वही देवताओंके लिये भी देवाराधनका स्थान है। वही सम्पूर्ण प्राणियोंके लिये परब्रह्म-प्राप्तिका स्थान है । यहीं जीवके प्राण निकलते समय भगवान् रुद्र तारक-ब्रह्मका उपदेश करते हैं, जिससे वह अमृतमय होकर मोक्ष प्राप्त कर लेता है । इसलिये अविमुक्त (काशी) का ही सेवन करे । अविमुक्त तीर्थका कभी परित्याग न करे। ठीक ऐसी ही बात है ।' इस प्रकार याज्ञवल्क्यने समझाया ।१।

तदनन्तर भरद्वाजने याज्ञवल्क्यजीसे पूछा—'भगवन् ! कौन तारक (तारनेवाला) है और कौन तरता है ?' इस प्रश्नके उत्तरमें वे प्रसिद्ध याज्ञवल्क्य मुनि बोले—'तारक-मन्त्र इस प्रकार होता है । दीर्घ आकारसहित अनल (रेफ, रकार) हो और वह रेफ बिन्दु (अनुस्वार) से पहले स्थित हो; उसके बाद पुनः दीर्घ स्वरविशिष्ट रेफ हो और उसके अनन्तर 'माय नमः' ये दो पद हों; इस प्रकार 'रां रामाय नमः' यह तारक-मन्त्रका स्वरूप है । इसके सिवा 'राम' पदके सहित 'चन्द्राय नमः' और 'भद्राय नमः' ये दो मन्त्र भी तारक ही हैं । ये तीन मन्त्र क्रमशः ॐकारस्वरूप, तत्स्वरूप और ब्रह्मस्वरूप हैं । ये ही क्रमशः 'सत्', 'चित्' और 'आनन्द' नाम धारण करते हैं । इस प्रकार इनकी उपासना करनी चाहिये । ॐकारमें प्रथम अक्षर अकार है, दूसरा अक्षर उकार है, तीसरा अक्षर मकार है, चौथा अक्षर अर्धमात्रा है, पञ्चम अक्षर अनुस्वार है और छठा अक्षर नाद है । (इस प्रकार छः अक्षरवाला तारक-मन्त्र होता है ।) यह सबको तारनेवाला होनेसे तारक कहलाता है । उस ॐकार अथवा 'रां' इस बीज-मन्त्रमय अक्षरको ही तुम 'तारक ब्रह्म' समझो । वही उपासनाके योग्य है—यों जानना चाहिये । वह गर्भ, जन्म, जरावस्था, मृत्यु तथा सांसारिक महान् भयसे भलीभाँति तार देता है । इसलिये 'तारक' इस नामसे उसका कथन किया जाता है । जो ब्राह्मण इस तारक-मन्त्रका सदा जप करता है । वह सम्पूर्ण पापोंको पार कर जाता है, वह मृत्युको लाँघ जाता है, वह ब्रह्महत्यासे तर जाता है, वह भ्रूणहत्यासे तर जाता है तथा वह वीर-हत्यासे तर जाता है । इतना ही नहीं, वह सम्पूर्ण हत्याओंसे तर जाता है, वह संसारसे तर जाता है, सबको पार कर जाता है। वह जहाँ कहीं भी रहता हुआ अविमुक्त-क्षेत्र (काशीधाम) में ही रहता है । वह महान् होता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है ॥ २ ॥

इस विषयमें ये श्लोक हैं—

अकाराक्षरसम्भूतः सौमित्रिर्विश्वभावनः ।
उकाराक्षरसम्भूतः शत्रुघ्नस्तैजसात्मकः ॥

प्राज्ञात्मकस्तु भरतो मकाराक्षरसम्भवः ।
अर्धमात्रात्मको रामो ब्रह्मानन्दैकविग्रहः ॥
श्रीरामसांनिध्यवशाज्जगदानन्ददायिनी ।
उत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी सर्वदेहिनाम् ॥
सा सीता भवति ज्ञेया मूलप्रकृतिसंज्ञिका ।
प्रणवत्वात् प्रकृतिरिति वदन्ति ब्रह्मवादिनः ॥

"सुमित्रानन्दन लक्ष्मणजी प्रणवके अकार अक्षरसे प्रादुर्भूत हुए हैं। ये जाग्रत्के अभिमानी 'विश्व'के रूपमें भावना करनेयोग्य हैं। (ये ही चतुर्व्यूहोंमें संकर्षणरूप हैं ।) शत्रुघ्न स्वप्नके अभिमानी 'तैजस'रूप हैं, इनका आविर्भाव प्रणवके 'उ' अक्षरसे हुआ है। (चतुर्व्यूहोंमें इन्हींकी 'प्रद्युम्न' संज्ञा है।) भरतजी सुषुप्तिके अभिमानी 'प्राज्ञ'रूप हैं। ये प्रणवके 'म' अक्षरसे प्रकट हुए हैं। (चार व्यूहोंमें इन्हीं-को 'अनिरुद्ध' कहा गया है।) भगवान् श्रीराम प्रणवकी अर्धमात्रारूप हैं। ये ही तुरीय पुरुषोत्तम हैं। ब्रह्मानन्द ही इनका एकमात्र विग्रह है । (चतुर्व्यूहोंमें ये ही 'वासुदेव' नामसे प्रसिद्ध हैं।) श्रीरामके सामीप्य मात्रसे जो सम्पूर्ण देहधारियोंकी उत्पत्ति, पालन और संहार करनेवाली हैं, वे जगदानन्ददायिनी विदेहनन्दिनी सीता नाद-बिन्दुस्वरूपा हैं। वे ही 'मूल प्रकृति'के नामसे जाननेयोग्य हैं। प्रणवसे अभिन्न होनेके कारण ही उन्हें ब्रह्मवादी जन 'प्रकृति' कहते हैं।"

'ओम्' यह अक्षर (अविनाशी परमात्मा) है। यह प्रत्यक्ष दीखनेवाला सम्पूर्ण जगत् उसका ही उपव्याख्यान है—उसीकी महिमाका प्रकाशन करनेवाला है। जो पहले हो चुका है, जो अभी वर्तमान है तथा जो भविष्यमें होने-वाला है, वह सम्पूर्ण जगत् ॐकार ही है; तथा जो ऊपर बताये हुए तीनों कालोंसे अतीत दूसरा कोई तत्त्व है, वह भी ॐकार ही है। (ॐकार नाम है और परमात्मा नामी, नाम और नामीमें कोई अन्तर नहीं है—यह दिखानेके लिये ही यहाँ सब कुछ ॐकार बताया गया है।) निश्चय ही यह सब ब्रह्म है। यह सर्वान्तर्यामी आत्मा भी ब्रह्म है। इस परमात्माके चार पाद हैं। (यद्यपि परमात्मा एक और अखण्ड है, तथापि उसके सम्पूर्ण स्वरूपका बोध करानेके लिये ही उसमें चार पादों—अंशोंकी कल्पना की गयी है। जाग्रत् यानी स्थूल जगत्, स्वप्न अर्थात् सूक्ष्म जगत्, सुषुप्ति—प्रलयावस्था अर्थात् कारण-तत्त्वमें लीन जगत् तथा इन सबसे अतीत विशुद्ध ब्रह्म—ये ही समग्र परमेश्वरके चार पाद अथवा अंश हैं। श्रीराम-तत्त्वके वर्णनमें 'रां' यह बीज ही प्रणव है तथा पुरुषोत्तम राम सम्पूर्ण परमेश्वर हैं। इनके चार पाद या अंश हैं—लक्ष्मण, शत्रुघ्न, भरत तथा कौसल्यानन्दन श्री-राम। ये चारों मिलकर ही सम्पूर्ण राम हैं। जैसे सब कुछ 'ओम्' है, वैसे ही 'रां' भी है। 'रां' और 'ॐ'में माहात्म्य और महिमाकी दृष्टिसे कोई अन्तर नहीं है। अतः यह सम्पूर्ण जगत् श्रीरामकी ही महत्ताका प्रकाशन कर रहा है।)

जाग्रत्-अवस्थाकी भाँति यह सम्पूर्ण स्थूल जगत् जिसका अवयव-संस्थान (शरीर) है; जो बहिःप्रज्ञ है—जिसका ज्ञान इस बाह्य जगत्में सब ओर फैला हुआ है; भूः, भुवः आदि सात लोक ही जिसके सात अङ्ग हैं; पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण और चार अन्तःकरण—ये उन्नीस समष्टि करण ही जिसके मुख हैं; जो इस स्थूल जगत्का भोक्ता अर्थात् इसको जानने और अनुभव करनेवाला है—ऐसा वैश्वानर (विश्वरूप पुरुषोत्तम) ही सम्पूर्ण परमेश्वरका पहला पाद है। (लीला-पुरुषोत्तम श्रीरामके चार पादोंमेंसे प्रथम पाद श्रीलक्ष्मणजी हैं। ये शेषनागके रूपमें अखिल विश्वके आश्रय होनेके कारण ही 'विश्व' अथवा 'वैश्वानर' नाम धारण करते हैं तथा श्रीरामकी प्राप्तिके लिये प्रथम उपाय है—श्रीलक्ष्मणजी-की आराधना। अतएव उन्हें प्रथम पाद कहा गया है। वे सदा जागरूक स्थितिमें रहते हैं, अतएव 'जागरितस्थान' हैं। बाहरकी सम्पूर्ण बातोंको जाननेमें सतत सावधान रहनेके कारण उन्हें 'बहिःप्रज्ञ' कहा गया है। भूर्भुवः आदि सात लोक अथवा तल-अतल आदि सात पातालोंकी स्थिति उनके ही अङ्गोंपर है; अतः वे 'सप्ताङ्ग' हैं। पुराण, न्याय, मीमांसा और धर्मशास्त्र; व्याकरण, ज्यौतिष, छन्द, कल्प, शिक्षा एवं निरुक्त—ये छः अङ्ग; ऋक्, साम, यजुः एवं अथर्व—ये चार वेद तथा आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद, अर्थशास्त्र और दर्शन—ये सब मिलकर उन्नीस विद्याएँ श्रीलक्ष्मणजीके मुखमें स्थित हैं—अर्थात् अपने मुखद्वारा वे इन विद्याओंका वर्णन करनेमें समर्थ हैं; अतएव उन्हें 'एको-नविंशतिमुख' कहा गया है। संकर्षणरूपसे प्रलयकालमें अपनी मुखाग्निद्वारा समस्त स्थूल जगत्को वे ग्रस लेते हैं, अतः स्थूलभुक् हैं।)

मनकी सूक्ष्म वासनाद्वारा कल्पित मनोमय जगत् ही स्वप्न कहलाता है; अतः 'स्वप्न' पद यहाँ 'सूक्ष्म जगत्'का ही बोधक है। वह सूक्ष्म जगत् ही जिसका स्थान है, जो अन्तःप्रज्ञ है अर्थात् जिसका ज्ञान सूक्ष्म जगत्में व्याप्त है तथा जो पूर्वोक्त सात अङ्गों और उन्नीस मुखोंसे युक्त है, वह

प्रविविक्त—सूक्ष्म जगत्का भोक्ता (जगत्के सूक्ष्म तत्त्वोंका अनुभव करनेवाला) तैजस (प्रकाशस्वरूप हिरण्यगर्भ) उस पूर्णतम परमेश्वरका द्वितीय पाद है । (श्रीरामपक्षमें श्रीशत्रुघ्न ही पूर्णतम परमात्मा श्रीरामके द्वितीय पाद—अंश हैं । लक्ष्मणजीकी अपेक्षा दूसरे होनेके कारण ये द्वितीय हैं । प्रद्युम्न—कामके अंश होनेसे ये सबके मनमें स्थित रहते हैं । स्वप्नावस्थामें अन्य इन्द्रियोंके सुप्त हो जानेपर भी मन अपना कार्य करता रहता है, अतः मनके साथ उसमें निवास करनेवाले मनोभवरूप शत्रुघ्नजीकी भी स्वप्नमें स्थिति रहती ही है; इसलिये उनको 'स्वप्नस्थान' कहा गया है । मनमें स्थिति होनेसे वे अन्तःकरणकी बातोंको जानते हैं, इसलिये अन्तःप्रज्ञ हैं । जैसे स्थूल जगत्का भार शेषरूपधारी लक्ष्मणपर है, उसी प्रकार सूक्ष्म लोकोंका भार समष्टि मनमें स्थित 'प्रद्युम्न'—कामपर है । समष्टि मन ही समस्त सूक्ष्म लोकोंका आधार है । उसमें रहनेवाले संकल्पमय प्रद्युम्न ही उस भारको वहन करते हैं । वे शत्रुघ्नसे अभिन्न हैं । अतः भूः आदि सात सूक्ष्म लोकोंका भार जिनके अङ्गोंपर है, वे शत्रुघ्नजी भी 'सप्ताङ्ग' हैं । उन्नीस मुख पूर्ववत् समझने चाहिये । जो सूक्ष्म लोकोंका अधिष्ठाता है, वह सूक्ष्म तत्त्वोंका भोक्ता और अनुभव करनेवाला होगा ही; अतः शत्रुघ्नजी ही 'प्रविविक्तभुक्' हैं । तैजसका अर्थ यहाँ तेजोमय—परम कान्तिमान् है । प्रद्युम्न—कामके स्वरूप होनेसे शत्रुघ्नका सौन्दर्य अप्रतिम है; अतः वे 'तैजस' कहे गये हैं ।)

जिस अवस्थामें सोया हुआ मनुष्य किसी भी भोगकी कामना नहीं करता, कोई भी स्वप्न नहीं देखता, वह सुषुप्ति-अवस्था है । सुषुप्ति-अवस्थासे यहाँ प्रलयावस्थाकी ओर संकेत किया गया है । उस समय समस्त जगत् अपने कारण-तत्त्वमें विलीन हो जाता है । अतः सुषुप्त अर्थात् कारण-तत्त्व ही जिसका संस्थान (शरीर) है, जो एकरूप है, केवल घनीभूत प्रज्ञान ही जिसका स्वरूप है, जो केवल आनन्दमय है, चैतन्य ही जिसका मुख है, जो एकमात्र आनन्दका ही उपभोग करनेवाला है, वह 'प्राज्ञ' ही परब्रह्म परमात्माका तृतीय पाद है । (श्रीरामपक्षमें श्रीभरतलालजी ही तृतीय पाद हैं । लक्ष्मण और शत्रुघ्नकी अपेक्षासे तो वे तृतीय हैं और श्रीरामकी प्राप्ति करानेवाले होनेके कारण [श्रीरामं पादयति—गमयति इति पादः', इस व्युत्पत्तिके अनुसार] 'पाद' कहे गये हैं । जहाँ इन्द्रियवर्ग और मन दोनों सो जाते हैं—दोनोंके अनियन्त्रित व्यापार बंद हो जाते हैं, उस शम-दमसे सम्पन्न स्थिरप्रज्ञताकी अवस्थाको ही यहाँ 'सुषुप्ति' कहा है । इसमें सुप्त अर्थात् जितेन्द्रिय पुरुष न तो स्थूल भोगोंकी इच्छा करता है और न स्वप्न—सूक्ष्म भोगोंकी ओर ही दृष्टि डालता है । इस जितेन्द्रियता एवं स्थिरप्रज्ञतामें ही स्थित होनेके कारण भरतजी 'सुषुप्त-स्थान' कहे गये हैं । उन्होंने भी पिताकी ओरसे स्वतः प्राप्त हुए राज्यकी कामना नहीं की—स्वप्नमें भी उसका चिन्तन नहीं किया । वे नन्दिग्राममें समाधि लगाकर भगवान्के साथ एकीभूत हो गये थे । यों भी सदा श्रीरघुनाथजीका ही चिन्तन करनेके कारण वे उनके साथ एकरूप हो गये थे । वे प्रज्ञानघन अर्थात् महाप्राज्ञ—परम बुद्धिमान् हैं श्रीरघुनाथजीका अनन्य भक्त होना ही बुद्धिके उत्कर्षका परिचायक है । हर्ष-शोक आदिसे विचलित न होनेके कारण वे सदा 'आनन्दमय' कहे गये हैं । अनिरुद्धस्वरूप होनेके कारण उन्हें आनन्दका भोक्ता कहा गया है । उनमें विवेक-शक्तिकी प्रधानता होनेसे ही वे 'चेतोमुख' हैं । 'प्राज्ञ' उनकी संज्ञा है । परम ज्ञानी—कुशाग्र-बुद्धि होनेके कारण उनको 'प्राज्ञ' कहा गया है ।)

यह तीन पादोंके रूपमें वर्णित परमेश्वर (एवं लीलापुरुषोत्तम श्रीराम) सबका ईश्वर (शासक) है । यह सबको जाननेवाला है । यही सबका अन्तर्यामी है । यही सम्पूर्ण जगत्का कारण है । तथा यही सम्पूर्ण भूतोंकी उत्पत्ति, (स्थिति) और प्रलयका स्थान है । जिसकी प्रज्ञा न तो अन्तर्मुखी है न बहिर्मुखी है, न दोनों ओर मुखवाली ही है; जो न प्रज्ञानघन है, न जाननेवाला है, न नहीं जाननेवाला ही है; जिसको देखा नहीं गया, व्यवहारमें नहीं लाया जा सकता और पकड़ा भी नहीं जा सकता; जिसका कोई लक्षण नहीं, जो चिन्तनमें नहीं आ सकता, जो किसी विशेष संकेतसे भी बतलानेमें नहीं आ सकता; एकमात्र आत्मसत्ताकी प्रतीति ही जिसका सार है, तथा जिसमें प्रपञ्चका सर्वथा अभाव है, ऐसे सर्वथा शान्त एवं कल्याणमय अद्वैत-तत्त्व (परब्रह्म) को ही ज्ञानीजन समग्र परमेश्वरका चतुर्थ पाद मानते हैं । वह परमात्मा है और वही जाननेके योग्य है । (श्रीरामपक्षमें भी 'नान्तःप्रज्ञम्' आदि पदोंका यही अर्थ है । यहाँ श्रुति अनिर्वचनीय एवं सर्वथा विलक्षण श्रीराम-तत्त्वका तटस्थभावसे संकेतमात्र करती है । स्वरूपतः वर्णन करनेमें तो वह सर्वथा असमर्थ है; क्योंकि वाणीकी वहाँतक पहुँच ही नहीं है ।) वे पूर्ण ब्रह्म परमात्मा (श्रीराम) सदा उज्ज्वल (निर्मल यशसे प्रकाशमान) हैं । अविद्या और उसके कार्योंसे सर्वथा

रहित हैं । अपने भक्तजनोंके आत्माका अज्ञानमय बन्धन वे हर लेते हैं । सर्वदा अद्वैत हैं—उनमें द्वैतका सर्वथा अभाव है । वे आनन्दमूर्ति हैं । सबके अधिष्ठान हैं । सत्तामात्र उनका स्वरूप है । अविद्याजनित अन्धकार और मोह उनमें स्वभावतः नहीं हैं, अथवा उनकी शरणमें जाते ही अविद्यामय अन्धकार और मोहका सर्वथा नाश हो जाता है । ऐसे जो अनिर्वचनीय परमात्मा श्रीराम हैं, वह मैं ही हूँ—इस प्रकार चिन्तन करना चाहिये । ॐ, तत्, सत्, यत् और परं ब्रह्म आदि नामोंसे प्रतिपादित होनेवाले जो चिन्मय श्रीरामचन्द्रजी हैं, वह मैं ही हूँ; ॐ—सच्चिदानन्दमय, परम ज्योतिःस्वरूप जो वे श्रीरामभद्र हैं, वह मैं हूँ, वह मैं ही हूँ—इस प्रकार अपनेको सामने लाकर मनके द्वारा परब्रह्म परमात्मा श्रीरामके साथ एकता करे—भगवान्‌के साथ अपनी अभिन्नताका चिन्तन करे ।

जो लोग सदा यथार्थरूपसे समझकर 'मैं राम हूँ' यों कहते हैं, वे संसारी नहीं हैं । निश्चय ही वे श्रीरामके ही स्वरूप हैं, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है ।

यह उपनिषद् है । जो इस प्रकार जानता है, वह मुक्त हो जाता है—इस प्रकार याज्ञवल्क्यजीने उपदेश दिया ॥ ३ ॥

तदनन्तर महर्षि अत्रिने इन सुप्रसिद्ध याज्ञवल्क्य मुनिसे प्रश्न किया—'यह जो अनन्त एवं अव्यक्त आत्मा (परमात्मा) है, इसे मैं कैसे जानूँ ?'

तब वे प्रसिद्ध याज्ञवल्क्यजी बोले—उस अव्यक्त परमात्माकी अविमुक्त क्षेत्रमें उपासना करनी चाहिये । यह जो अनन्त एवं अव्यक्त आत्मा है, वह अविमुक्त क्षेत्रमें प्रतिष्ठित है ।

प्रश्न—किंतु उस अविमुक्त क्षेत्रकी स्थिति कहाँ है ?

उत्तर—अविमुक्त क्षेत्र वरणा और नाशीके मध्यमें प्रतिष्ठित है ।

प्रश्न—'वरणा' नामसे कौन प्रसिद्ध है ? और 'नाशी' किसका नाम है ?

उत्तर—सम्पूर्ण इन्द्रियकृत दोषोंका वारण करती है, इससे वह 'वरणा' है; और समस्त इन्द्रियजनित पापोंका नाश करती है, इससे वह 'नाशी' कहलाती है ।

प्रश्न—इस अविमुक्तक्षेत्रका आध्यात्मिक स्थान कौन है ?

उत्तर—भौंहों और नासिकाकी जो सन्धि है (जहाँ इडा और पिङ्गला नामकी दो नाड़ियाँ मिली हुई हैं), वह द्युलोक तथा उससे भी उत्कृष्ट ज्योतिर्मय परमधामकी सन्धिका स्थान है । निश्चय ही ब्रह्मवेत्ता पुरुष इस सन्धिकी ही 'सन्ध्या' के रूपमें उपासना करते हैं । अतः उस अव्यक्त परमात्मा श्रीरामकी अविमुक्त क्षेत्रमें रहकर अविमुक्तमें (भौंहों और नासिकाकी सन्धिमें) ही उपासना करनी चाहिये । जो उसे इस प्रकार जानता है, अर्थात् जो ऊपर बताये अनुसार यह भलीभाँति समझता है कि 'अव्यक्त परमात्माकी उपासनाका आधिभौतिक स्थान अविमुक्तक्षेत्र (काशी) और आध्यात्मिक स्थान भौंहों एवं नासिकाके मध्यका भाग है—यहीं ध्यानद्वारा उस अव्यक्त तत्त्वका चिन्तन करना चाहिये', वही परमात्मासे नित्य संबद्ध (अविमुक्त) ज्ञानका उपदेश कर सकता है । यह अविनाशी, अनन्त, अव्यक्त, परिपूर्णानन्दैकचिन्मयविग्रह परमात्मा अविमुक्तक्षेत्रमें प्रतिष्ठित है ।

इसके बाद याज्ञवल्क्यजीने अत्रि मुनिसे यह कथा कही—

एक समय भगवान् शङ्करने काशीमें एक हजार मन्वन्तरतक जप, होम और पूजन आदिके द्वारा श्रीरामकी आराधना करते हुए श्रीराम-मन्त्रका जप किया । इससे प्रसन्न होकर भगवान् श्रीरामने शङ्करजीसे कहा—'परमेश्वर ! तुम्हें जो अभीष्ट हो, वह वर माँग लो; मैं उसे दूँगा ।' तब सच्चिदानन्दचिन्मय भगवान् शङ्करने श्रीरामसे कहा—'भगवन् ! मणिकर्णिका तीर्थमें, मेरे काशीक्षेत्रमें अथवा गङ्गामें या गङ्गाके तटपर जो प्राण-त्याग करता है, उस जीवको आप मुक्ति प्रदान कीजिये । इसके सिवा दूसरा कोई वर मुझे अभीष्ट नहीं है ।'

निश्चय ही जिस प्रकार सरोवरमें कमल होता है, उसी प्रकार भूतलपर यह पुरी स्थित है । (कमलकी कर्णिकाके स्थानपर तो यह पुरी है और दलोंके स्थानपर मधुवन आदि वन हैं।) अवश्य ही मथुरापुरी भगवान् गोपालके चक्रद्वारा सुरक्षित है, इसलिये वह गोपाल-पुरीके नामसे प्रसिद्ध है । विशाल बृहद्वन (महावन), मधुदैत्यके नामपर प्रसिद्ध मधुवन, ताड़के वृक्षोंसे सुशोभित तालवन, कमनीय श्रीकृष्णकी विहारस्थली काम्यवन (कामवन), कृष्ण-प्रिया बहुलाके नामसे प्रसिद्ध बहुलावन, कुमुद-वृक्षोंसे उपलक्षित कुमुदवन, खदिर-वृक्षोंकी अधिकताके कारण प्रसिद्ध खदिरवन, जहाँ बलभद्रजी विचरते हैं—वह भद्रवन, 'भाण्डीर' नामक वटसे उपलक्षित भाण्डीरवन, लक्ष्मीका निवासभूत श्रीवन, लोहगन्धकी तपस्याका स्थान लोहवन, वृन्दादेवीसे सनाथ हुआ वृन्दावन—इन (कमलदलोंके समान सुशोभित) बारह वनोंसे वह मथुरापुरी घिरी हुई है। उस मथुरामण्डलके अन्तर्गत उपर्युक्त वनोंमें ही देवता, मनुष्य, गन्धर्व, नाग और किन्नर (श्रीकृष्ण-प्रेमसे उन्मत्त हो) गाते और नृत्य करते हैं । उन बारह वनोंमें बारह आदित्य, ग्यारह रुद्र, आठ वसु, सप्त ऋषि, ब्रह्मा, नारद, पाँच गणेश एवं वीरेश्वर, रुद्रेश्वर, अम्बिकेश्वर, गणेश्वर, नीलकण्ठ, विश्वेश्वर, गोपालेश्वर तथा भद्रेश्वर आदि चौबीस शिवलिङ्गोंका निवास है। दो प्रमुख वन हैं—कृष्णवन और भद्रवन। इनके बीचमें ही पूर्वोक्त बारह वन हैं, जो परम पवित्र एवं पुण्यमय हैं। उन्हींमें देवता रहते हैं। वहीं सिद्धगण तपस्या करके सिद्धिको प्राप्त हुए हैं । वहीं बलरामजीकी रमणीय राममूर्ति, प्रद्युम्नकी प्रद्युम्नमूर्ति, अनिरुद्धकी अनिरुद्धमूर्ति तथा श्रीकृष्णकी श्रीकृष्णमूर्ति विराजती है। इस प्रकार मथुरामण्डलके बारह वनोंमें भगवान्के बारह अर्चा-विग्रह विराजमान हैं। इनमेंसे प्रथम मूर्तिका पूजन रुद्रगण करते हैं। दूसरी मूर्तिका पूजन स्वयं ब्रह्माजी करते हैं। तीसरीकी पूजा ब्रह्माजीके पुत्र सनकादि मुनि करते हैं । चौथे विग्रहकी आराधना मरुद्गण करते हैं। पाँचवें स्वरूपकी अर्चना विनायकगण करते हैं। छठे विग्रहकी पूजा वसुगण करते हैं। सातवेंकी आराधना ऋषि करते हैं । आठवीं मूर्तिकी पूजा गन्धर्व करते हैं। नवें विग्रहका पूजन अप्सराएँ करती हैं । दसवीं मूर्ति आकाशमें गुप्तरूपसे स्थित है। ग्यारहवीं अन्तरिक्षमें स्थित है और बारहवीं भूगर्भमें विराजती है। अर्चा-विग्रहोंका जो लोग पूजन करते हैं, वे मृत्युसे तर जाते हैं, मोक्ष पा लेते हैं, गर्भवास, जन्म, जरावस्था, मृत्यु तथा आध्यात्मिक आदि त्रिविध तापके दुःखको लाँघ जाते हैं ॥ ३०–३८ ॥

इस विषयमें श्लोक भी हैं, जिनका भाव इस प्रकार है—

जो ब्रह्मा आदि देवताओंसे सदा सेवित है; भगवान्के शङ्ख, चक्र, गदा और शार्ङ्ग-धनुष निरन्तर जिसकी रक्षामें रहते हैं; जो बलभद्रजीके मुसल आदि शस्त्रोंसे भी सदा सुरक्षित है, उस परम रमणीय मथुरापुरीमें पहुँचकर (भगवान् श्रीकृष्णका चिन्तन करे)। यहाँ भगवान् श्रीकृष्ण अपने अन्य तीन विग्रह—बलराम, प्रद्युम्न तथा अनिरुद्धके साथ एवं अपनी अन्तरङ्गा शक्ति श्रीरुक्मिणीजीके साथ सदा समाहित (भक्तोंपर अनुग्रह करनेके लिये सतत सावधान) रहते हैं। भगवान् श्रीकृष्ण एकमात्र पूर्ण परमात्मा हैं, तो भी वे प्रणवकी मात्राओंके भेदसे चार नामोंसे प्रसिद्ध होते हैं । (ॐकारकी चार मात्राएँ हैं—अ, उ, म् तथा अर्धमात्रा ।) इनमें अकारात्मक विश्वरूप तो बलरामजी हैं, उकारात्मक तैजसरूप प्रद्युम्न हैं, मकारात्मक प्राज्ञरूप अनिरुद्धजी हैं तथा अर्ध-मात्रात्मक तुरीयरूप भगवान् वासुदेव हैं ॥ ३९-४० ॥

१. वे सात पुरियाँ हैं—अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, काञ्ची, अवन्ती (उज्जयिनी) तथा द्वारकापुरी ।

अतः रजोगुणसे अर्थात् त्रिगुणमयी प्रकृतिसे परे जो भगवान् गोपाल हैं, 'वह मैं ही हूँ'—इस प्रकार निश्चय करके अपने आत्मामें गोपालकी भावना करे। जो यों करता है, वह मोक्ष-सुखका अनुभव करता है, ब्रह्मभावको प्राप्त होता है तथा ब्रह्मवेत्ता होता है। जो गोपों अर्थात् जीवोंको सृष्टिसे लेकर प्रलयतक सदा ही आत्मीय मानकर स्वीकार करते तथा सदा उनकी रक्षा एवं पालनमें संलग्न रहते हैं, वे प्रणववाच्य भगवान् ही गोपाल हैं। 'वे तत्, सत्, परब्रह्म श्रीकृष्ण ही मेरे आत्मा हैं; नित्यानन्दैकरूप जो गोपाल हैं, वह मैं हूँ। ॐ वे गोपालदेव ही तीनों कालोंसे अबाधित परम सत्य हैं। वह मैं हूँ'—इस प्रकार अपनेको लेकर मनसे भगवान्‌के साथ एकता करे। अपनेको इस भावसे देखे—अपने विषयमें यह निश्चय करे कि 'मैं गोपाल हूँ—वे ही गोपाल, जो अव्यक्त, अनन्त एवं नित्य हैं' ॥ ४१–४४ ॥

भगवान् कहते हैं—ब्रह्मन्! मथुरापुरीमें मेरा निवास सदा ही बना रहेगा। निश्चय ही मैं वहाँ शङ्ख, चक्र, गदा, पद्म और वनमालासे विभूषित होकर रहूँगा। ब्रह्मन्! मेरा स्वरूप चिन्मय है, सर्वोत्कृष्ट और स्वप्रकाशरूप है; इसमें प्राकृत रूपकी गन्ध भी नहीं है। इस प्रकार जो सदा मेरे स्वरूपका चिन्तन करता है, वह निश्चय ही मेरे परमधामको प्राप्त होता है। जो मुख्यतः मथुरामण्डलमें अथवा जम्बूद्वीपके किसी भी प्रदेशमें रहकर मेरी प्रतिमाका सामग्रियोंद्वारा पूजन करता है तथा मेरा भी ध्यानके द्वारा समाराधन करता है, वह इस भूमण्डलपर मुझे सर्वाधिक प्रिय है। ब्रह्मन्! मथुरामें मैं श्रीकृष्णरूपसे ही सदा वास करता हूँ, अतः वहाँ तुम्हें उसी रूपमें मेरा पूजन करना चाहिये। अधिकारभेदसे विभिन्न युगोंका अनुसरण करनेवाले उत्तम बुद्धिसम्पन्न भक्तजन चार रूपोंमें मेरी उपासना—मेरा पूजन करते हैं। वे पीछे प्रकट हुए प्रद्युम्न और अनिरुद्धके साथ गोपाल श्रीकृष्णकी और बलरामकी पूजा करते हैं (ये ही चार व्यूह हैं)। इसके सिवा देवी रुक्मिणीके साथ उनके परम प्रियतम भगवान् वासुदेवकी भी पूजा करते हैं। (युग-क्रमसे सत्ययुगमें श्वेतवर्ण बलरामकी, त्रेतामें रक्तवर्ण प्रद्युम्नकी, द्वापरमें पीतवर्ण अनिरुद्धकी और कलिमें श्यामवर्ण श्रीकृष्णकी आराधना करते हैं) ॥ ४५–४९ ॥

विद्वान् पुरुष ऐसी भावना करे कि 'मैं नित्य अजन्मा गोपाल हूँ, सनातन प्रद्युम्न हूँ, बलराम हूँ तथा अनिरुद्ध हूँ।' इस प्रकार अपने आत्मारूपसे भगवान्‌का चिन्तन करके उनकी पूजा करे। मैंने वेद, पाञ्चरात्र तथा अन्यान्य शास्त्रोंमें जो विभागपूर्वक वर्णाश्रम-धर्मका उपदेश दिया है, उसके अनुसार निष्काम भावसे स्वधर्मका अनुष्ठान करते हुए उसके द्वारा मेरा पूजन करना चाहिये। भद्रवन एवं कृष्णवनके निवासियोंको वहाँ विराजमान मेरे स्वरूपकी आराधना करनी चाहिये ॥ ५०-५१ ॥

जो (सकाम या निष्काम) धर्माचरणसे प्राप्त होनेवाली (स्वर्ग-अपवर्गरूप) सद्गतिसे वञ्चित हैं (अतएव मनुष्य-रूपमें जन्मे हैं), कलिकालने जिन्हें अपना ग्रास बना लिया है तथा जो मथुरामें रहकर मेरे भजनमें संलग्न रहते हैं, उनकी वहाँ अवश्य स्थिति होती है। (वे वहाँ रहनेके अधिकारी हैं तथा वहाँ रहकर भजन करनेसे उन्हें निश्चय ही अभीष्ट-सिद्धि प्राप्त होती है।) ब्रह्मन्! जैसे तुम अपने सनक-सनन्दन आदि पुत्रोंके साथ स्नेहयुक्त सम्बन्ध रखते हो, जैसे महादेवजी प्रमथगणोंके साथ स्नेह-सम्बन्ध रखते हैं तथा जैसे लक्ष्मीके साथ मेरा प्रेमपूर्ण सम्बन्ध है, उसी प्रकार मेरा भक्त भी मुझे परम प्रिय है ॥ ५२-५३ ॥

तदनन्तर उन पद्मसम्भव ब्रह्माजीने पूछा—'भगवन्! एक ही देव—आप परमेश्वर चार देवताओं (चतुर्व्यूहों) के रूपमें कैसे हो गये? और इसी प्रकार जो एक अक्षरके रूपमें विख्यात ॐकार है, वह अनेक अक्षर—अकार, उकार, मकार तथा अर्धमात्रा आदिके रूपमें कैसे हो गया?'

यह प्रश्न सुनकर भगवान् नारायणने उन प्रसिद्ध ब्रह्माजीसे कहा—

सृष्टिके पूर्व एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म ही सर्वत्र विराजमान था। सर्गकालमें उस ब्रह्मसे अव्यक्त (अव्याकृत मूल प्रकृति) का प्रादुर्भाव हुआ। (अक्षर—अविनाशी ब्रह्मसे उत्पन्न होनेके कारण) अव्यक्त (प्रकृति) भी अक्षर (ब्रह्म) ही है। उस अक्षर अर्थात् अव्यक्त प्रकृतिसे महत्तत्त्व प्रकट हुआ। महत्तत्त्वसे (सात्त्विक, राजस और तामस भेदवाला त्रिविध) अहंकार उत्पन्न हुआ। उस (तामस) अहंकारसे शब्द आदि पाँच तन्मात्राएँ प्रकट हुईं और उनसे क्रमशः आकाश आदि पाँच महाभूतोंकी सृष्टि हुई। (इसी प्रकार राजस अहंकारसे इन्द्रियों तथा सात्त्विक अहंकारसे उनके अधिष्ठाता देवोंकी उत्पत्ति हुई।) इस प्रकार शरीर-इन्द्रिय आदिके रूपमें स्थित उन महत्तत्त्व आदिसे तथा भूतोंसे वह अक्षर परमात्मा आवृत है। (इन प्राकृत आवरणोंसे छिपे हुए अक्षर परमात्माको प्रायः संसारी मनुष्य देख नहीं पाते। वास्तवमें वह अक्षर परमात्मा सब-

भगवान् श्रीगोविन्द

नमो विज्ञानरूपाय परमानन्दरूपिणे ।
कृष्णाय गोपीनाथाय गोविन्दाय नमो नमः ॥
(गो० पू० ५।७)

सच्चिदानन्द नारायण

श्रीवत्सलाञ्छनं हृत्स्थं कौस्तुभ प्रभया युतम् । चतुर्भुजं शङ्खचक्रशार्ङ्गपद्मगदान्वितम् ॥
सुकेयूरान्वितं बाहुं कण्ठं मालासुशोभितम् । द्युमत्किरीटं वलयं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ॥
हिरण्मयं सौम्यतनुं स्वभक्तायाभयप्रदम् । (गो० उ० ६१–६३)

का अन्तर्यामी आत्मा है; अतः उसको अपनेसे अभिन्न मानकर ऐसी भावना करनी चाहिये कि) 'मैं अक्षर हूँ—मैं साक्षात् अविनाशी परमात्मा हूँ; उन परमात्माका वाचक जो प्रणव (ॐ) अक्षर है, वह भी मैं हूँ । इसी प्रकार मैं अमर हूँ, निर्भय हूँ और अमृत हूँ । वह जो भयशून्य ब्रह्म है, निःसंदेह वह मैं हूँ । मैं मुक्त हूँ और अक्षर भी मैं हूँ ।' (तात्पर्य यह कि जैसे एक ही ब्रह्म महत्तत्त्वादि रूपोंमें प्रकट और अनन्त नाम-रूपवाले जगत्के आकारमें प्रादुर्भूत हो गया, उसी प्रकार एक ही तत्त्व चतुर्व्यूहरूपमें प्रकट हुआ है और एक ही अक्षरसे अनेक अक्षरोंका भी आविर्भाव हुआ है ।) नित्य सत्ता जिसका स्वरूप है, सम्पूर्ण विश्व जिसका ही आकार है तथा जो प्रकाशस्वरूप एवं सर्वत्र व्यापक है, वह एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म अपनी लीलासे चार व्यूहोंके रूपोंमें प्रकाशित हो रहा है ॥ ५४ ॥

रोहिणीनन्दन बलरामजी प्रणवके 'अ' अक्षरके द्वारा प्रतिपादित होते हैं । ये जाग्रत्-अवस्थाके अभिमानी होनेके कारण 'विश्व' कहे गये हैं । स्वप्नावस्थाके अभिमानी प्रद्युम्नजी 'तैजस' कहलाते हैं । प्रणवके 'उ' अक्षरसे इनका ही बोध होता है । अनिरुद्धजी सुषुप्तिके अभिमानी 'प्राज्ञ' कहे गये हैं । प्रणवके 'म्' अक्षरसे इनका ही प्रतिपादन होता है । जहाँ यह सम्पूर्ण विश्व प्रतिष्ठित है, वे श्रीकृष्ण तुरीय तत्त्व हैं । इन्हें अर्धमात्रात्मक नादरूप या प्रणवका सम्पूर्ण स्वरूप बताया गया है । पूर्वोक्त विश्व, तैजस आदि इन्हींमें अन्तर्हित हैं ॥ ५५-५६ ॥

समस्त जगत्की रचना करनेवाली मूलप्रकृतिरूपा देवी रुक्मिणी श्रीकृष्णकी अन्तरङ्गा शक्ति हैं, अतएव श्रीकृष्णस्वरूपा हैं । गोपियोंके रूपमें प्रकट होनेवाली जो श्रुतियाँ हैं, उनकी अपेक्षा प्रणवके साथ ब्रह्मका अधिक घनिष्ठ सम्बन्ध है; श्रुतियाँ और श्रुतिरूपा गोपियाँ दूरसे श्रीकृष्णका आराधन करती हैं, और प्रणव एवं रुक्मिणी आदि शक्तियाँ ब्रह्मके साथ अभिन्नता रखती हैं । अतः ब्रह्मका साक्षात् वाचक प्रणव जिस प्रकार ब्रह्मकी प्रकृति है, उसी प्रकार रुक्मिणीको भी ब्रह्मसे साक्षात् सम्बन्ध रखनेके कारण ब्रह्मवादीजन प्रकृति ही बताते हैं । इसलिये सम्पूर्ण विश्वके आधारभूत भगवान् गोपाल ही ॐकाररूपमें प्रतिष्ठित हैं । ब्रह्मवादीजन 'क्लीम्' तथा ॐकारका एक ही अर्थमें पाठ करते हैं । (अतः कृष्णके बीजभूत 'क्लीम्' तथा 'ॐ'में अर्थतः कोई अन्तर नहीं है ।) विशेषतः मथुरापुरीमें जो चतुर्भुजरूपमें मेरा ध्यान करता है, वह मोक्ष-सुखका अनुभव करता है ॥ ५७–५९ ॥

ध्यानका स्वरूप यों है—भक्तका अष्टदल हृदय-कमल प्रसन्नतासे विकसित है, उसमें भगवान् विराज रहे हैं । उनके दोनों चरण शङ्ख, ध्वजा और छत्रादिके चिह्नोंसे सुशोभित हैं । हृदयमें श्रीवत्स-चिह्न शोभा पा रहा है । वहीं कौस्तुभमणि अपनी अद्भुत प्रभासे प्रकाशित हो रही है । भगवान्के चार हाथ हैं । उनमें शङ्ख, चक्र, शार्ङ्गधनुष, पद्म और गदा—ये सुशोभित हैं । बाँहोंमें भुजबंद शोभा दे रहा है । कण्ठमें धारण की हुई वनमाला भगवान्की स्वाभाविक शोभाको और भी बढ़ा रही है । मस्तकपर किरीट चमचमा रहा है और कलाइयोंमें चमकीले कङ्कण शोभा पा रहे हैं । दोनों कानोंमें मकराकृति कुण्डल झलमला रहे हैं । सुवर्णमय पीताम्बरसे सुशोभित श्यामसुन्दर श्रीविग्रह है । भगवान् इस मुद्रासे स्थित हैं, मानो अपने भक्तजनोंको अभय प्रदान कर रहे हैं । इस प्रकार प्रतिदिन मेरे चतुर्भुजरूपका मन-ही मन चिन्तन करे । अथवा मुरली तथा सींग धारण करनेवाले मेरे द्विभुज रूप (श्रीकृष्ण-विग्रह) का ध्यान करे* ॥ ६०–६२ ॥

जिस ब्रह्मज्ञानसे सम्पूर्ण जगत् मथ डाला जाता है, उसके सार (विषय) परब्रह्म —लीला-पुरुषोत्तम जिस पुरीमें विराजमान रहते हों, उसे मथुरा कहते हैं । वहाँ आठ दिक्पालरूपी दलोंसे विभूषित मेरा यह भूमिरूपी कमल जगत्के रूपमें प्रकाशित हो रहा है । यह कमल संसार-समुद्रसे ही प्रकट हुआ है तथा जिनका अन्तःकरण राग-द्वेष आदिसे शून्य—पूर्णतः सम है, वे ही हंस या भ्रमररूपसे उस कमलका सेवन करते हैं । चन्द्रमा और सूर्यकी दिव्य किरणें पताकाएँ हैं और सुवर्णमय पर्वत मेरु मेरा ध्वज है । ब्रह्मलोक मेरा छत्र और नीचे-ऊपरके क्रमसे स्थित सात पाताल-लोक मेरे चरण हैं । लक्ष्मीका निवासभूत जो श्रीवत्स है, वह मेरा स्वरूप ही है । वह

---

* श्रीवत्सलाञ्छनं हृत्स्थं कौस्तुभं प्रभया युतम् ।
चतुर्भुजं शङ्खचक्रशार्ङ्गपद्मगदान्वितम् ॥
सुकेयूरान्वितं बाहुं कण्ठं मालासुशोभितम् ।
द्युमत्किरीटं वलयं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ॥
हिरण्मयं सौम्यतनुं स्वभक्तायाभयप्रदम् ।
ध्यायेन्मनसि मां नित्यं वेणुशृङ्गधरं तु वा ॥

लाञ्छन अर्थात् चन्द्राकृति रोम-पङ्क्तिके चिह्नसे युक्त है; इसलिये ब्रह्मवादीजन उसे श्रीवत्स-लाञ्छन कहते हैं। भगवत्स्वरूपभूत जिस तेजसे सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि तथा वाक् आदि तेज भी प्रकाश प्राप्त करते हैं, उस चिन्मय आलोक-को परमेश्वरके भक्तजन कौस्तुभमणि कहते हैं। सत्त्व, रज, तम और अहंकार—ये ही मेरी चार भुजाएँ हैं। मेरे रजोगुणमय हाथमें पञ्चभूतात्मक पाञ्चजन्य नामक शङ्ख स्थित है। अत्यन्त चञ्चल समष्टि-मन ही मेरे हाथमें चक्र कहलाता है, आदिमाया ही शार्ङ्ग नामक धनुष है तथा सम्पूर्ण विश्व ही कमलरूपसे मेरे हाथमें विराजमान है। आदि-विद्याको ही गदा समझना चाहिये, जो सदा मेरे हाथमें स्थित रहती है। कभी प्रतिहत न होनेवाले धर्म, अर्थ, काम और मोक्षरूपी चार दिव्य केयूरों (भुजबंदों) से मेरी चारों भुजाएँ विभूषित हैं। ब्रह्मन्! मेरा कण्ठ निर्गुण तत्त्व कहा गया है; वह अजन्मा मायाद्वारा मालित (आवृत) होता है, इसलिये तुम्हारे मानस-पुत्र सनकादि मुनि उस अविद्याको मेरी माला बताते हैं। मेरा जो कूटस्थ 'सत्' स्वरूप है, उस रूपमें मुझको ही किरीट कहते हैं। क्षर (सम्पूर्ण विनाशी शरीर) और उत्तम (जीव)—ये दोनों मेरे कानोंमें झलमलाते हुए युगल कुण्डल माने गये हैं।

इस प्रकार जो नित्य मनमें मेरा ध्यान करता है, वह मोक्ष-को प्राप्त होता है। वह मुक्त हो जाता है, निश्चय ही उसे मैं अपने-आपको दे डालता हूँ। ब्रह्मन्! मैंने तुमसे अपने सगुण और निर्गुण—द्विविध स्वरूपके विषयमें जो कुछ बताया है, यह सब सत्य है और भविष्यमें होनेवाला है॥ ६४—७५॥

तब कमलयोनि ब्रह्माजीने पूछा—'भगवन्! आपके द्वारा बतायी हुई जो आपकी व्यक्त मूर्तियाँ हैं, उनका अवधारण (निश्चय) कैसे हो सकता है? कैसे देवता उनका पूजन करते हैं? कैसे रुद्र पूजन करते हैं, कैसे यह ब्रह्मा पूजन कर सकता है? कैसे विनायकगण पूजन करते हैं? कैसे बारह सूर्य पूजन करते हैं? कैसे वसुगण पूजन करते हैं? कैसे अप्सराएँ पूजन करती हैं? कैसे गन्धर्व पूजन करते हैं? जो अपने पदपर ही प्रतिष्ठित रहकर अदृश्यरूपसे स्थित है, वह कौन है और उसकी पूजा कैसे होती है? तथा मनुष्यगण किसकी और किस प्रकार पूजा करते हैं?'॥ ७६॥

तब वे प्रसिद्ध भगवान् नारायण ब्रह्माजीसे बोले—मेरी बारह अव्यक्त मूर्तियाँ हैं, जो सबकी आदिभूता हैं। वे सब लोकोंमें, सब देवोंमें तथा सब मनुष्योंमें स्थित हैं॥ ७७॥

वे अव्यक्त मूर्तियाँ इस प्रकार हैं—रुद्रगणोंमें रौद्री मूर्ति, ब्रह्मामें ब्राह्मी मूर्ति, देवताओंमें दैवी मूर्ति, मानवोंमें मानवी मूर्ति, विनायकगणोंमें विघ्ननाशिनी मूर्ति, बारह सूर्योंमें ज्योति-र्मूर्ति, गन्धर्वोंमें गान्धर्वी मूर्ति, अप्सराओंमें गौ, वसुओंमें काम्या तथा अन्तर्धानमें अप्रकाशिनी मूर्ति है। इसके सिवा, जो आविर्भाव-तिरोभावरूपा केवला मूर्ति है, वह अपने पदमें (अपनी महिमा एवं परमधाममें) प्रतिष्ठित है। मानुषी मूर्ति सात्त्विकी, राजसी और तामसी—तीन प्रकारकी होती है। केवल सच्चिदानन्दैकरसरूप भक्तियोगमें ही विज्ञानघन और आनन्दघन मूर्ति प्रतिष्ठित है॥ ७८-७९॥

ॐ प्राणात्मने ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै प्राणात्मने नमो नमः॥ ८०॥

ॐ श्रीकृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ८१॥

ॐ अपानात्मने ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै अपानात्मने वै नमो नमः॥ ८२॥

ॐ कृष्णाय प्रद्युम्नायानिरुद्धाय ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ८३॥

ॐ व्यानात्मने ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै व्यानात्मने वै नमो नमः॥ ८४॥

ॐ श्रीकृष्णाय रामाय ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ८५॥

ॐ उदानात्मने ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै उदानात्मने वै नमो नमः॥ ८६॥

ॐ कृष्णाय देवकीनन्दनाय ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ८७॥

ॐ समानात्मने ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै समानात्मने वै नमो नमः॥ ८८॥

ॐ गोपालाय अनिरुद्धाय निजस्वरूपाय ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ८९॥

ॐ योऽसौ प्रधानात्मा गोपालः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ९०॥

ॐ योऽसाविन्द्रियात्मा गोपालः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ९१॥

ॐ योऽसौ भूतात्मा गोपालः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ९२ ॥

ॐ योऽसावुत्तमपुरुषो गोपालः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ९३ ॥

ॐ योऽसौ परब्रह्म गोपालः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ९४ ॥

ॐ योऽसौ सर्वभूतात्मा गोपालः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ९५ ॥

ॐ योऽसौ जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिमतीत्य तुर्यातीतः ॐ तत्सद् भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ९६ ॥

ॐ (सच्चिदानन्दस्वरूप) प्राणात्माको नमस्कार है। ॐ तत्, सत्—इन तीनों नामोंसे प्रतिपादित होनेवाले 'भूर्भुवः स्वः'—तीनों लोकरूप प्राणात्मा परमेश्वरको बारंबार नमस्कार है। ॐ सबका आकर्षण करनेवाले कृष्ण, गौओंके स्वामी गोविन्द एवं गोपीजनोंके प्राणवल्लभ उन श्यामसुन्दरको बारंबार नमस्कार है, जो 'ॐ, तत्, सत्' इन तीनों नामोंसे प्रतिपादित होनेवाले हैं तथा 'भूर्भुवः स्वः' इन तीनों लोकोंके रूपमें प्रकट हैं। 'ॐ, तत्, सत्' ये तीन जिनके नाम हैं तथा 'भूः, भुवः, स्वः'—ये तीनों जिनके रूप हैं, उन अपानवायुस्वरूप अपानात्मा परमेश्वरको बारंबार नमस्कार है। 'ॐ, तत्, सत्'—इन तीनों नामोंसे कहे जानेवाले 'भूर्भुवः स्वः'स्वरूप उन श्रीकृष्ण, प्रद्युम्न और अनिरुद्धको अवश्य बारंबार नमस्कार है। 'ॐ, 'तत् सत्'—इन तीन नामोंवाले तथा 'भूः, भुवः और स्वः'—इन तीन रूपोंवाले उन व्यानवायुरूप व्यानात्मा परमेश्वरको बारंबार नमस्कार है। 'ॐ, तत्, सत्'—इन तीनों नामोंसे कहे जानेवाले भूतल, अन्तरिक्ष एवं स्वर्गरूप उन श्रीकृष्ण और बलरामको निश्चय ही अनेक बार नमस्कार हैं। 'ॐ, तत्, सत्'—इन तीनों नामोंसे कहे जानेवाले, 'भूर्भुवः स्वः'स्वरूप उन उदानवायुके रूपमें प्रकट उदानात्मा परमेश्वरको बारंबार नमस्कार है। 'ॐ, तत्, सत्'—इन त्रिविध नामोंवाले तथा 'भूर्भुवः स्वः'—इन त्रिविध रूपोंवाले उन सच्चिदानन्दमय देवकीनन्दन श्रीकृष्णको अवश्य ही बारंबार नमस्कार है। 'ॐ, तत्, सत्'—इन नामोंसे प्रतिपादित होनेवाले 'भूर्भुवः स्वः'स्वरूप उन समानवायुरूप समानात्मा परमेश्वरको नमस्कार है, नमस्कार है। 'ॐ, तत्, सत्'—इन तीन नामोंसे प्रसिद्ध और 'भूर्भुवः स्वः'—इन तीन रूपोंवाले उन स्वस्वरूपभूत सच्चिदानन्दमय गोपाल, अनिरुद्धको निश्चय ही नमस्कार है, नमस्कार है। ॐ जो वे प्रधानात्मा गोपाल हैं, वे ही 'ॐ, तत्, सत्'—इन तीनों नामोंद्वारा प्रतिपादित होनेवाले तथा 'भूर्भुवः स्वः'—इन तीनों लोकोंके रूपमें प्रकट हैं; उन्हें अवश्य ही नमस्कार है, नमस्कार है। ॐ वे जो इन्द्रियात्मा गोपाल हैं, वे ही 'ॐ, तत्, सत्' नामोंसे प्रसिद्ध हैं और वे ही भूतल, अन्तरिक्ष एवं स्वर्गरूप हैं; उन्हें निश्चय ही बारंबार नमस्कार है। ॐ वे जो भूतात्मा गोपाल हैं, वे ही 'ॐ,तत्, सत्' नामोंसे प्रसिद्ध हैं और वे ही भूतल, अन्तरिक्ष एवं स्वर्गरूप हैं; उन्हें निश्चय ही बारंबार नमस्कार है। ॐ वे जो उत्तम पुरुष (पुरुषोत्तम) गोपाल हैं, वे ही 'ॐ, तत्, सत्'—इन तीनों नामोंसे कहे जानेवाले और भूतल, अन्तरिक्ष एवं स्वर्गरूप हैं; उनके लिये निश्चय ही बारंबार नमस्कार है। ॐ वे जो परब्रह्म गोपाल हैं, वे ही 'ॐ, तत्, सत्'—ये तीन नाम धारण करते हैं तथा वे ही 'भूर्भुवः स्वः'—इन तीनों लोकोंके रूपमें प्रकट होते हैं; उनको निश्चय ही बारंबार नमस्कार है। ॐ वे जो सर्वभूतात्मा गोपाल हैं, वे ही 'ॐ, तत्, सत्'—ये तीन नाम धारण करते हैं और वे ही 'भूर्भुवः स्वः'—इन तीनों लोकोंके रूपमें प्रकट होते हैं; उनके लिये निश्चय ही मेरा बारंबार नमस्कार है। ॐ वे जो जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—इन तीनों अवस्थाओंको पार करके तुरीय पदसे भी अतीत भगवान् गोपाल हैं, वे ही 'ॐ, तत्, सत्' कहे जाते हैं और वे ही भूतल, अन्तरिक्ष तथा स्वर्गरूप हैं। उनको निश्चय ही मेरा बारंबार नमस्कार है ॥ ८०–९६ ॥

वे एकमात्र देवता भगवान् गोपाल ही सम्पूर्ण भूतोंमें अन्तर्यामीरूपसे छिपे हुए हैं। वे सर्वत्र व्यापक और सब प्राणियोंके अन्तरात्मा हैं। वे ही सम्पूर्ण कर्मोंके अध्यक्ष (फलदाता स्वामी), समस्त भूतोंके निवासस्थान, सबके साक्षी, चैतन्यस्वरूप, केवल और निर्गुण हैं ॥ ९७ ॥

(भगवान् गोपालकी विभूतिस्वरूप देवता भी वन्दनीय हैं—) रुद्रको नमस्कार है। आदित्यको नमस्कार है। विनायकको नमस्कार है। सूर्यको नमस्कार है। विद्या (सरस्वती)-को नमस्कार है। इन्द्रको नमस्कार है। अग्निको नमस्कार है। यमको नमस्कार है। निर्ऋतिको नमस्कार है।

वरुणको नमस्कार है । मरुत्को नमस्कार है । कुबेरको नमस्कार है । महादेवजीको नमस्कार है । ब्रह्माको नमस्कार है और सम्पूर्ण देवताओंको नमस्कार है ॥ ९८ ॥

दुर्वासाजी कहते हैं—इस प्रकार वे भगवान् नारायण अपने ही स्वरूपभूत ब्रह्माको यह परम पवित्र गोपालोत्तर-तापनीय स्तुति प्रदान करके तथा सम्पूर्ण भूतोंकी सृष्टिका सामर्थ्य देकर वहाँसे अन्तर्धान हो गये ॥ ९९ ॥

राधिके ! मैंने ब्रह्मासे, ब्रह्मपुत्र सनकादि मुनियोंसे तथा श्रीनारदजीसे भी जैसे सुना था, वैसे ही यहाँ वर्णन किया है । अब तुम अपने घरकी ओर जाओ ॥१००॥

॥ अथर्ववेदीय गोपालोत्तरतापनीयोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

परम पद

यत्र न सूर्यस्तपति यत्र न वायुर्वाति यत्र न चन्द्रमा भाति यत्र न नक्षत्राणि भान्ति यत्र नाग्निर्दहति यत्र न मृत्युः प्रविशति यत्र न दुःखानि प्रविशन्ति सदानन्दं परमानन्दं शान्तं शाश्वतं सदाशिवं ब्रह्मादिवन्दितं योगिध्येयं परं पदं यत्र गत्वा न निवर्तन्ते योगिनः ॥

(बृहज्जाबाल० ८ । ६)

जहाँ सूर्य नहीं तपता, जहाँ वायु नहीं बहता, जहाँ चन्द्रमा प्रकाशित नहीं होता, जहाँ तारे प्रकाशित नहीं होते, जहाँ अग्नि नहीं जलता, जहाँ मृत्यु प्रवेश नहीं करती, जहाँ दुःख प्रवेश नहीं करते, जो सदानन्द, परमानन्द, शान्त, शाश्वत, सदाशिव (नित्य कल्याणमय) और ब्रह्मादि देवताओंके द्वारा वन्दित है, वही योगियोंका ध्येय परमपद है, जिसको प्राप्त करके योगी लौटते नहीं ।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

नृसिंहपूर्वतापनीयोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम उपनिषद्

नरसिंह-मन्त्रराजकी महिमा तथा उसके अङ्गोंका वर्णन

कहते हैं, पूर्वकालमें यह सब कुछ जल ही था। सर्वत्र सलिलराशि ही भरी हुई थी। उस जलमें वे प्रसिद्ध प्रजापति ब्रह्माजी कमलपत्रपर प्रकट हुए। उनके मनमें यह कामना हुई कि मैं इस जगत्‌की रचना करूँ। लोकमें यह प्रसिद्ध है कि पुरुष मनसे जिसकी भावना करता है, उसीको वाणीद्वारा बोलता है और फिर उसीको क्रियाद्वारा सिद्ध करता है। इसी सम्बन्धमें एक ऋचा है, जिसका भाव इस प्रकार है—पूर्वकालमें सृष्टिके अवसरपर मनसे काम—सृष्टि उत्पन्न करनेकी इच्छा प्रकट हुई। सृष्टिके पूर्व जो जलमात्र विद्यमान था, वही सबका कारण है। अपने अन्तःकरणमें स्थित अन्तरात्मापर दृष्टि रखनेवाले ज्ञानीजन उस कामको सत्स्वरूप आत्माका बन्धन मानते हैं। उन्होंने अपनी बुद्धिसे यह निश्चित किया कि असत् (प्रकृति) के कार्यभूत मनमें ही कामका उदय होता है। जो इस बातको जानता है, वह जिस वस्तुकी कामना करता है, वह उसे प्राप्त हो जाती है।

उन प्रसिद्ध प्रजापतिने तपस्या आरम्भ की। उन्होंने तपस्या करके इस नारसिंह-मन्त्रराजका, जो अनुष्टुप् छन्दमें आबद्ध है, साक्षात्कार किया। निश्चय ही उस मन्त्रराजके प्रभावसे, उन्होंने जो कुछ यह प्रत्यक्ष उपलब्ध हो रहा है, उस सम्पूर्ण जगत्‌की रचना की। इसलिये यह जो कुछ भी जगत्‌रूपसे दृष्टिगोचर हो रहा है, इसे मन्त्रराज-आनुष्टुभमय ही कहते हैं। इस अनुष्टुप्-मन्त्रसे ही ये सम्पूर्ण प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर वे अनुष्टुप्-मन्त्रसे ही जीवित रहते हैं और मृत्युके समय इस लोकसे प्रयाण करनेपर वे अनुष्टुप्-मन्त्रमें ही सब ओरसे प्रवेश कर जाते हैं। मन्त्रराजकी यह अनुष्टुप्-वृत्ति समस्त सृष्टिकी आदिभूता एवं प्रधान कारण है। निश्चय ही वाणीमात्र अनुष्टुप् है; क्योंकि वाणीसे ही प्राणी मृत्युको प्राप्त होते हैं और वाणीसे ही उत्पन्न होते हैं। यह जो अनुष्टुप् छन्द है, वह निश्चय ही सब छन्दोंमें श्रेष्ठ है ॥ १ ॥

समुद्र, पर्वत और सातों द्वीपोंसहित जो यह पृथ्वी है, इसे मन्त्रराजरूप सामका प्रथम चरण जाने। यक्ष, गन्धर्व तथा अप्सराओंसे सेवित जो अन्तरिक्ष लोक है, उसे सामका द्वितीय चरण जाने। वसु, रुद्र और आदित्य आदि सम्पूर्ण देवताओंसे सेवित जो द्युलोक है, उसे सामका तृतीय चरण जाने। तथा जो निरञ्जन—मायारूप मलसे रहित, विशुद्ध परम व्योममय ब्रह्मस्वरूप है, उसे सामका चतुर्थ चरण जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। ऋक्, यजुः, साम और अथर्व—ये अङ्गों और शाखाओंसहित चार वेद उपर्युक्त मन्त्रराजके चार पाद हैं। उस मन्त्रराजका ध्यान क्या है ? देवता कौन-सा है ? कौन-कौन-से अङ्ग हैं ? कौन-सा

देवताओंका गण है ? कौन-सा छन्द है और कौन-सा ऋषि है ? ॥ २ ॥

वे प्रसिद्ध प्रजापति ब्रह्माजी बोले—निश्चय ही वह पुरुष जो श्रीबीज (श्रीं) से अभिषिक्त गायत्री-मन्त्रके आठ अक्षरवाले चरणको इस मन्त्रराजरूप सामका अङ्ग जानता है, वह श्री (शोभा एवं सम्पत्ति) से सुशोभित होता है। सम्पूर्ण वेद प्रणवादि हैं, उनके आदिमें प्रणव—ॐकारका ही उच्चारण किया जाता है। उस प्रणवको जो इस सामका अङ्ग समझता है, वह तीनों लोकोंपर विजय पा लेता है। चौबीस अक्षरोंवाला महालक्ष्मी-मन्त्र यजुःस्वरूप है; उसे जो सामका अङ्ग जानता है, वह आयु, यश, कीर्ति, ज्ञान और ऐश्वर्यसे सम्पन्न होता है। इसलिये अङ्गोंसहित इस सामको जाने। जो अङ्गोंसहित सामको जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। गायत्री, प्रणव तथा यजुःस्वरूप महालक्ष्मी-मन्त्रका उपदेश ज्ञानीजन स्त्री और शूद्रोंको नहीं देना चाहते। बत्तीस अक्षरोंवाले सामको जाने; जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। गायत्री, प्रणव और यजुर्वेदमय महालक्ष्मी-मन्त्रको यदि स्त्री और शूद्र जान लें तो वे मरनेपर अधोगतिको प्राप्त होते हैं—नरक और नीची योनियोंमें गिरते हैं। इसलिये सदा ही सावधान रहकर उनको इन मन्त्रोंका उपदेश न दे। यदि कोई उन्हें उपदेश देता है, तो वह आचार्य भी उन्हींके साथ मरनेपर अधोगतिको प्राप्त होता है—नरकादिमें पड़ता है ॥ ३ ॥

प्रजापतिने फिर कहा—निश्चय ही अग्नि, सारे वेद, यह सम्पूर्ण जगत्, समस्त प्राणी, प्राण, इन्द्रिय, पशु, अन्न, अमृत, सम्राट्, स्वराट् और विराट्—इन सबको इस मन्त्रराजरूप सामका प्रथम चरण जाने। ये ऋक्, यजुः, साम और अथर्वरूप सूर्य तथा सूर्यमण्डलके भीतर स्थित रहनेवाले हिरण्मय पुरुष—इनको सामका द्वितीय पाद जाने। जो समस्त ओषधियों (अन्नों और फलों) के स्वामी तारापति चन्द्रमा हैं, उनको सामका तृतीय चरण जाने। वे ब्रह्मा, वे शिव, वे विष्णु, वे इन्द्र, वे अग्नि, वे अविनाशी परमात्मा स्वराट्—इन सबको उस सामका चतुर्थ चरण समझे। जो इस प्रकार जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है।

'उग्रम्' यह पद मन्त्रराज अनुष्टुप्के प्रथम चरणका आदि अंश है। **'ज्वलं'** यह उसके द्वितीय चरणका आदि अंश है। **'नृसिं'** यह अंश तृतीय चरणका आदि भाग है तथा **'मृत्यु'** पद चतुर्थ चरणका आदि भाग है। इन सबको सामस्वरूप समझे। जो यों समझता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। इसलिये इस सामको जहाँ-कहीं—सबको न बताये। यदि यह मन्त्र किसीको देनेकी इच्छा हो तो सेवापरायण एवं सुननेके लिये उत्सुक पुत्रको दे; अथवा दूसरे किसी शिष्यको भी दिया जा सकता है ॥ ४ ॥

वे सुप्रसिद्ध प्रजापति फिर बोले—भगवान्का जो क्षीरसागरमें शयन करनेवाला नृसिंह-विग्रह है, वह योगियोंके लिये भी ध्यान करनेयोग्य परमपद है। उसे सामस्वरूप समझे। यों समझनेवाला अमृतत्वको प्राप्त होता है। **'वीरं'** इस पदको मन्त्रराज अनुष्टुप्के प्रथम चरणके पूर्वार्धका अन्तिम अंश जाने। **'तं स'** इस अंशको द्वितीय चरणके पूर्वार्धका अन्तिम भाग समझे। **'हं भी'** इस अंशको तृतीय चरणके पूर्वार्धका अन्तिम भाग माने और **'मृत्युम्'**पदको चतुर्थ चरणके पूर्वार्धका अन्तिम भाग समझे तथा इन सबको साम जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। इसलिये इस सामको जो जिस किसी भी आचार्यके मुखसे इस प्रकार जानता है, वह उसी शरीरमें रहते हुए संसारसे मुक्त हो जाता है, दूसरोंको भी मुक्त करता है तथा यदि वह संसारमें आसक्त रहा हो तो इस सामके ज्ञानसे मुमुक्षु बन जाता है। इस मन्त्ररूप सामका जप करनेसे वह उसी शरीरसे आराध्य देवता (भगवान् नृसिंह) का प्रत्यक्ष दर्शन कर लेता है। अतः कलियुगमें यही मोक्षका द्वार है। दूसरोंको मोक्षकी प्राप्ति सहजमें नहीं होती। इसलिये इस सामको अङ्गोंसहित जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है ॥ ५ ॥

भगवान् नृसिंहको ऋत और सत्य समझे। वे सर्वव्यापी परमात्मा एवं अन्तर्यामी पुरुष हैं। वे मनुष्य और सिंहकी सम्मिलित आकृति धारण करनेसे कृष्ण और पिङ्गल वर्णके दिखायी देते हैं। वे ऊर्ध्वरेता (नैष्ठिक ब्रह्मचर्यसे सम्पन्न) हैं। उनके नेत्र बड़े विकराल एवं भयङ्कर हैं। तथापि वे शङ्कर हैं, सबका कल्याण करनेवाले हैं। कण्ठप्रदेशमें नील एवं उसके ऊर्ध्वभागमें तेजोमय लोहित वर्ण होनेसे वे ही 'नीललोहित' नाम धारण करते हैं। ये सर्वदेवमय भगवान् नृसिंह ही दूसरे रूपमें गिरिराजकन्या उमाके स्वामी, पशुपति, पिनाकधारी एवं अपार तेजस्वी महेश्वर हैं। ये ही सम्पूर्ण विद्याओंके अधीश्वर और समस्त भूतोंके अधिपति हैं। जो ब्रह्म (वेद) के अधिपति हैं, ब्रह्माजीके भी स्वामी हैं तथा जो यजुर्वेदके वाच्यार्थ हैं, उन भगवान् नृसिंहको साम जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। **'महा'** शब्द मन्त्रराज

अनुष्टुप्के प्रथम चरणके उत्तरार्धका आदि भाग है। 'वंतो' शब्द द्वितीय चरणके उत्तरार्धका आदि भाग है। 'षणं' शब्द तृतीय चरणके उत्तरार्धका आदि भाग है तथा 'नमा' शब्द चतुर्थ चरणके उत्तरार्धका आदि भाग है। इन सबको साम जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। अतः यह साम सच्चिदानन्दमय परब्रह्मस्वरूप है। उसे इस रूपमें जाननेवाला यहाँ—इसी जीवनमें अमृतस्वरूप हो जाता है। इसलिये इस सामको अङ्गोंसहित जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है ॥ ६ ॥

विश्वस्रष्टा प्रजापतिगणोंने इस साममय मन्त्रके प्रभावसे ही सम्पूर्ण विश्वकी सृष्टि की है। उन्होंने विश्वकी रचना की है, इसीलिये वे विश्वस्रष्टा हैं। यह विश्व इन्हींसे उत्पन्न होता है, इस रहस्यको जाननेवाले उपासक ब्रह्माजीके लोकको तथा उनके सायुज्यको प्राप्त होते हैं—उन्हींमें लीन हो जाते हैं, इसलिये अङ्गोंसहित इस सामको जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है।

'विष्णुं' पद पूर्वोक्त आनुष्टुभ नारसिंह मन्त्रराजके प्रथम चरणका अन्तिम पद है। 'मुखम्' द्वितीय पादका अन्तिम पद है। 'भद्रं' तृतीय चरणका अन्तिम पद है। 'म्यहम्' चतुर्थ पादका अन्तिम पद है। यह सब साम है—इस प्रकार जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है।

वे जो प्रसिद्ध प्रजापति हैं, उन्होंने ही यह सब कुछ (जो पहले बतायी हुई उपासना आदिका तत्त्व है) जाना। सबके 'आत्मा' रूप ब्रह्ममें ही जिसकी स्थिति है, ऐसे इस आनुष्टुभ मन्त्रको जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है।

उपासना करनेवाले स्त्री-पुरुषोंमें जो भी निश्चितरूपसे यहाँ उत्कृष्ट स्थितिमें रहनेकी इच्छा करते हैं, उन्हें भगवान् नृसिंह सम्पूर्ण ऐश्वर्य प्रदान करते हैं। वह जहाँ-कहीं भी प्राण-त्याग करता है, अन्तकालमें भगवान् नृसिंह वहीं उसे परब्रह्ममय तारक-मन्त्रका उपदेश करते हैं, जिससे वह अमृत-स्वरूप होकर अमृतत्व (मोक्ष)को प्राप्त होता है। इसलिये सामसम्बन्धी तारकमन्त्र (एवं सामोपासनाके अङ्गभूत प्रणव)-का जप करना चाहिये। अतः (मन्त्रद्रष्टा ऋषि होनेके कारण) सामके अङ्गभूत प्रजापति ही यह तारक-मन्त्र हैं। इसलिये सामके अङ्गभूत प्रजापति ही यह तारक-मन्त्र हैं—इस प्रकार जो जानता है, वही यथार्थ उपासक है। यह महोपनिषद् है (जिसके द्वारा महान् परमेश्वरके तत्त्वका यथार्थ ज्ञान हो, उसीका नाम महोपनिषद् है)। जो इस महोपनिषद्को जानता है—इसमें बताये अनुसार उपासना करता है, वह मानो सारा पुरश्चरण पूरा करके महाविष्णुरूप हो जाता है, महाविष्णु-रूप हो जाता है ॥ ७ ॥

द्वितीय उपनिषद्

मन्त्रराजकी शरण लेनेका फल; उसके अङ्गोंका विशद वर्णन; न्यासकी विधि तथा मन्त्रके प्रत्येक पदकी व्याख्या

कहते हैं, एक बार सब देवताओंको मृत्यु, पाप और संसारसे बड़ा भय हुआ। वे भागकर प्रजापति ब्रह्माजीकी शरणमें गये। प्रजापतिने उनको भगवान् नृसिंहके इस मन्त्र-राज आनुष्टुभका उपदेश दिया। इस मन्त्रके प्रभावसे उन सब देवताओंने मृत्युको जीत लिया। वे सब पापसे तर गये तथा इस संसारसे भी पार हो गये। इसलिये जो मृत्यु, पाप तथा संसारसे भी डरता हो, उसे भगवान् नृसिंहके इस मन्त्र-राज आनुष्टुभकी शरण लेनी चाहिये। जो इसकी शरण लेता है, वह मृत्युको पार कर जाता है। वह पापसे तर जाता है तथा वह संसारसे भी पार हो जाता है।[1]

पूर्वोक्त सुप्रसिद्ध मन्त्रराजका अङ्गभूत जो प्रणव है, उस प्रणवकी पहली मात्रा अकार है; उसका पृथ्वी लोक है, ऋचाओंसे उपलक्षित ऋग्वेद ही वेद है, ब्रह्मा देवता हैं, वसु-नामक देवताओंका गण है, गायत्री छन्द है तथा गार्हपत्य अग्नि है। यह सब प्रणवकी पहली मात्राके अन्तर्गत है और वह पहली मात्रा ही मन्त्ररूप सामका प्रथम पाद है। उक्त प्रणवकी दूसरी मात्रा उकार है; इसीके अन्तर्गत अन्तरिक्ष लोक, यजुर्मन्त्रों-से उपलक्षित यजुर्वेद, विष्णु देवता, रुद्र नामक देवताओंका गण, त्रिष्टुप् छन्द और दक्षिणनामक अग्नि है। यह दूसरी मात्रा ही साम अर्थात् मन्त्रका द्वितीय पाद है। तीसरी मात्रा मकार है; इसीके अन्तर्गत द्युलोकनामक लोक, सामोपलक्षित सामवेद वेद, रुद्र देवता, आदित्यनामक देवताओंका गण, जगती छन्द तथा

१. मन्त्रराज यह है—

ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्।
नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्॥

आहवनीय अग्नि है। वह तीसरी मात्रा ही इस सामका तीसरा चरण है। प्रणवके उच्चारणकी समाप्ति होनेपर उसकी चौथी मात्राके रूपमें जो नादात्मक अर्धमात्रा सुनायी देती है, उसीके अन्तर्गत सोमलोक नामक लोक, ॐकार वाच्य परब्रह्म देवता, अथर्व-मन्त्रोंसहित अथर्ववेद ही वेद, संवर्तकनामक अग्नि, मरुत्नामक देवताओंका गण तथा विराट छन्द है। इस चतुर्थ मात्राविशिष्ट ॐकारके एक ही ऋषि हैं—ब्रह्माजी। यह चौथी मात्रा तुरीया ब्रह्म-स्वरूपा होनेके कारण परम प्रकाशमयी है। यही सामका चतुर्थ पाद है* ॥ १ ॥

अनुष्टुप्-मन्त्रका प्रथम चरण आठ अक्षरोंका है। शेष तीन चरण भी आठ-आठ अक्षरोंके ही हैं। इस प्रकार कुल बत्तीस अक्षर होते हैं। निश्चय ही अनुष्टुप्-वृत्ति बत्तीस अक्षरोंकी होती है। अनुष्टुप्से ही इस सम्पूर्ण विश्वकी रचना हुई है। अनुष्टुप्के द्वारा ही सबका उपसंहार होता है। उस अनुष्टुप्-मन्त्रके पाँच अङ्ग हैं। इसके चार चरण ही चार अङ्ग हैं तथा प्रणवको साथ लेकर सम्पूर्ण मन्त्र पाँचवाँ अङ्ग होता है। **हृदयाय नमः, शिरसे स्वाहा, शिखायै वषट्, कवचाय हुम्, अस्त्राय फट्**—इनमें शरीरके पाँच अङ्गोंका उल्लेख है। ऊपर अनुष्टुप-मन्त्रके भी पाँच अङ्ग बताये गये हैं, अतः मन्त्रके प्रथम अङ्गका हृदय-रूप प्रथम अङ्गसे संयोग कराना चाहिये। इसी प्रकार दूसरे अङ्गका दूसरे मस्तकरूप अङ्गसे, तीसरे अङ्गका तीसरे शिखारूप अङ्गसे, चतुर्थ अङ्गका चौथे उभय_बाहुमूलरूप अङ्गसे और पञ्चम अङ्गका पाँचवें मुखकरूप अङ्गसे सम्बन्ध होता है।† निश्चय ही ये सम्पूर्ण लोक एक दूसरेसे सम्बद्ध हैं, इसलिये उक्त अङ्ग भी परस्पर सम्बद्ध होते हैं। ॐ यह अक्षर ही यह सम्पूर्ण जगत् है। इसलिये अनुष्टुप्-मन्त्रके प्रत्येक अक्षरके दोनों ओर—पहले और पीछे ॐकारका सम्पुट लगाना चाहिये। ब्रह्मवादी महात्मा उक्त मन्त्रके प्रत्येक अक्षरके न्यासका उपदेश करते हैं* ॥ २ ॥

निश्चय ही **'उग्रम्'** इस पदको उस प्रसिद्ध अनुष्टुप्-मन्त्रका प्रथम स्थान जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। **'वीरम्'** यह पद द्वितीय स्थान है। **'महाविष्णुम्'** पद तृतीय स्थान है। **'ज्वलन्तम्'** पद चतुर्थ स्थान है। **'सर्वतोमुखम्'** पद पञ्चम स्थान है। **'नृसिंहम्'** पद छठा स्थान है। **'भीषणम्'** पद सातवाँ स्थान है। **'भद्रम्'** पद आठवाँ स्थान है। **'मृत्युमृत्युम्'** पद नवाँ स्थान है। **'नमामि'** पद दसवाँ स्थान है। **'अहम्'** पद ग्यारहवाँ स्थान है। इस प्रकार जानना चाहिये। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। निश्चय ही यह अनुष्टुपवृत्ति ग्यारह पदोंकी है। इस अनुष्टुप्-मन्त्रके द्वारा ही इस सम्पूर्ण विश्वकी रचना हुई है। तथा अनुष्टुप्के द्वारा ही सबका उपसंहार होता है। इसलिये सब कुछ अनुष्टुप्-मन्त्रका ही विस्तार है—यों जाने। जो जानता है, वह अमृतत्वको प्राप्त होता है ॥ ३ ॥

कहते हैं, देवताओंने प्रजापतिसे पूछा—"भगवान् नृसिंहके लिये **'उग्रम्'** यह विशेषण क्यों दिया जाता है? उन्हें उग्र क्यों कहा जाता है?" तब वे प्रसिद्ध प्रजापति बोले—"क्योंकि भगवान् नृसिंह अपनी महिमासे सम्पूर्ण लोकों, समस्त देवों, सभी आत्माओं तथा सभी भूतोंको ऊपर उठाये रखते हैं, निरन्तर उनकी सृष्टि करते हैं, नाना

---

* इस प्रकरणका सारांश यह है कि प्रणवकी चार मात्राएँ हैं—अ उ म् और अर्धमात्रा। क्रमशः इनके चार लोक हैं—पृथ्वीलोक, अन्तरिक्षलोक, स्वर्गलोक और सोमलोक। चार ही वेद हैं—ऋक्, यजुः, साम तथा अथर्व। चार ही देवता हैं—ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र तथा ॐकारवाच्य परब्रह्म। चार ही छन्द हैं—गायत्री, त्रिष्टुप्, जगती तथा विराट्। चार ही अग्नियाँ हैं—गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि, आहवनीय और संवर्तक। ये सब मिलकर प्रणवरूप हैं; इस विश्वरूप प्रणवमें अन्तर्यामीरूपसे स्थित उपास्यदेव भगवान् नृसिंहकी उपासना करनी चाहिये।

† यहाँ अङ्गन्यासका विधान किया गया है। इसके अनुसार न्यासका क्रम इस प्रकार होगा—'ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुम्' हृदयाय नमः—यों कहकर दाहिने हाथकी पाँचों अङ्गुलियोंसे हृदयका स्पर्श करे। फिर 'ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्' शिरसे स्वाहा—यों कहकर उक्त अङ्गुलियोंसे ही मस्तकका स्पर्श करे। तत्पश्चात् 'नृसिंहं भीषणं भद्रं' शिखायै वषट्—इसका उच्चारण करके पूर्ववत् शिखाका स्पर्श करे। तदनन्तर 'मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्' कवचाय हुम्—इसका उच्चारण करके दाहिने हाथकी अङ्गुलियोंसे बायें कंधेका और बायें हाथकी अङ्गुलियोंसे दायें कंधेका एक साथ ही स्पर्श करे। फिर प्रणवसहित पूरे मन्त्रके साथ 'अस्त्राय फट्' कहकर दाहिने हाथको मस्तकके ऊपर बायीं ओरसे पीछेकी ओर ले जाकर दाहिनी ओरसे आगेकी ओर ले आये और तर्जनी तथा मध्यमा अङ्गुलियोंसे बायें हाथकी हथेलीपर ताली बजाये।

* अनुष्टुप्-मन्त्रमें कुल बत्तीस अक्षर हैं; उनमेंसे प्रत्येक अक्षरको प्रणवसे सम्पुटित करके शिखासे लेकर पैरतकके बत्तीस अङ्गोंमें क्रमशः न्यास करना चाहिये। यथा—'ॐ उ ॐ नमः शिखायाम्', 'ॐ ग्रं ॐ नमः दक्षिणनेत्रे' इत्यादि।

प्रकारसे उनकी सृष्टिका विस्तार तथा संहार करते हैं, उन सबको अपने ही भीतर बसाते—लीन कर लेते हैं, दूसरोंसे इस जगत्पर उद्गह (अनुग्रह) करवाते हैं तथा स्वयं भी इसपर अनुग्रह करते हैं, इसलिये 'उग्र' कहलाते हैं। इस विषयमें ऋग्वेदका मन्त्र भी है, जिसका भाव इस प्रकार है—'श्रुतियाँ जिनकी स्तुतिमें संलग्न हैं, उन उपास्यदेव परमात्माका स्तवन करो। वे गर्तमें—हृदयरूपी गुफामें स्थित हैं (अथवा व्यूहरूप महाचक्र ही यहाँ गर्त है, उसमें स्थित हैं)। नवतारुण्यसे सुशोभित हैं। मृग अर्थात् सिंहके रूपमें प्रकट होकर भी भक्तजनोंके लिये भयङ्कर नहीं हैं। सदा सबपर अनुग्रह करनेके लिये सर्वत्र सबके निकट पहुँचनेवाले हैं तथा उग्र हैं—साधु पुरुषोंपर अनुग्रह और दुष्टजनोंका निग्रह करनेवाले हैं। हे नृसिंहदेव ! आपकी स्तुति की जाती है; इससे संतुष्ट होकर आप स्तवन करनेवाले मुझ भक्तको सुखी बनाइये। आपकी भयङ्कर सेना हमें छोड़कर अन्यत्र आक्रमण करे।' अर्थात् दुष्टोंका संहार और भक्तोंकी रक्षा करे। इस मन्त्रमें भगवान् नृसिंहका 'उग्र' के नामसे स्तवन किया गया है; इसलिये वे 'उग्र' कहे जाते हैं।"

देवताओंने पूछा—"प्रजापते ! अब यह बताइये, भगवान्‌के लिये **'वीरम्'** यह विशेषण क्यों दिया जाता है—वे 'वीर' क्यों कहे जाते हैं ?" इसपर प्रजापति उत्तर देते हैं—"क्योंकि अपनी महिमासे वे सब लोकों, सब देवों, सब आत्माओं और सम्पूर्ण भूतोंके साथ विविध प्रकारसे क्रीड़ा करते, सबको विश्राम देते, निरन्तर सृष्टि और पालन करते, उपसंहार करते और अपने अंदर लीन करते हैं, अतः 'वीर' कहे जाते हैं। ऋग्वेदका वचन है—भगवान् शूरवीर हैं, कर्मठ हैं, भक्तोंपर अनुग्रह करनेमें पूर्णतः दक्ष हैं, सोमयागमें पत्थर हाथमें लिये रहनेवाले 'अध्वर्यु' आदिके रूपमें भगवान् नृसिंह ही हैं। ये ही देवकाम हैं—देवताओंको उत्पन्न करनेके अभिलाषी हैं।"

(प्रश्न) अब यह बतायें—भगवान् **'महाविष्णुम्'** क्यों कहे जाते हैं ? (उत्तर) वे अपनी ही महिमासे सब लोकोंको, सब देवताओंको, समस्त आत्माओंको तथा सब भूतोंको व्याप्त करके स्थित हैं। जैसे चिकनाई मांस-पिण्डमें व्याप्त रहती है, उसी प्रकार वे शरीरके अवयवोंमें सर्वत्र व्यापक हैं। उन्हींमें यह विश्व लीन होता है। उन्हींमें यह सर्वथा ओतप्रोत एवं सम्बद्ध है। वे इसमें निरन्तर व्याप्त रहते हैं। इससे निरन्तर सम्बन्ध रखकर ही वे व्याप्त और व्यापक होते हैं। ऋग्वेदमें कहा है—'जिनसे बढ़कर दूसरा कोई उत्पन्न ही नहीं हुआ, जो सर्वव्यापी होनेके कारण सम्पूर्ण विश्वमें समानरूपसे आविष्ट (व्याप्त) हैं, जो प्रजाके पालक हैं और प्रजाके द्वारा जिनकी उपासना होती रहती है, वे भगवान् नृसिंह षोडशकला-विशिष्ट होकर त्रिविध ज्योतिर्योंमें व्याप्त रहते हैं।' इसीलिये वे 'महाविष्णु' कहलाते हैं।

(प्रश्न) अब यह बतायें—भगवान्‌के लिये **'ज्वलन्तम्'** इस विशेषणका प्रयोग क्यों किया जाता है ? (उत्तर) वे अपनी ही महिमासे सब लोकोंको, सब देवताओंको, सब आत्माओंको और सम्पूर्ण भूतोंको अपने तेजसे प्रकाशित करते तथा स्वयं भी प्रज्वलित एवं प्रकाशित होते हैं। सब लोक उन भगवान्‌के ही प्रकाशसे प्रकाशित होते और दूसरोंको भी प्रकाशित करते हैं। ऋग्वेदका वचन है—'वे ही सविता (प्रकाशक) और प्रसविता (उत्पादक) हैं। वे स्वयं दीप्तिमान् हैं। दूसरोंको उद्दीप्त करते और स्वयं भी उद्दीप्त होते हैं। स्वयं प्रज्वलित होते हुए दूसरोंको प्रज्वलित करते हैं। तपते हुए तपाते हैं तथा संताप देते हैं। स्वयं कान्तिमान् होकर दूसरोंको भी कान्तिमान् बनाते हैं। स्वयं शोभायमान होकर दूसरोंको भी सुशोभित करते हैं तथा परम कल्याणस्वरूप हैं।' इसीलिये उनके लिये 'ज्वलन्तम्' विशेषणका प्रयोग किया गया है।

(प्रश्न) अब यह बतायें—भगवान्‌को **'सर्वतोमुखम्'** क्यों कहा जाता है ? (उत्तर) वे अपनी ही महिमासे सब लोकों, सब देवताओं, सब आत्माओं और सम्पूर्ण भूतोंको, स्वयं इन्द्रियरहित होते हुए भी, सब ओरसे देखते हैं, सब ओरसे सुनते हैं, सब ओरसे जाते हैं, सब ओरसे ग्रहण करते हैं। सर्वत्रगामी होते हुए सब स्थानोंमें विद्यमान रहते हैं। ऋग्वेदमें कहा है—'जो सबसे पहले अकेले था, जो स्वयं इस जगत्‌के रूपमें प्रकट हो गये, जिनसे इस विश्वकी उत्पत्ति हुई है, जो सम्पूर्ण भुवनके पालक हैं, प्रलयकालमें समस्त भुवन जिनमें विलीन होता है, उन सर्वतोमुख (सब ओर मुखोंवाले) भगवान्‌को मैं नमस्कार करता हूँ।' इस श्रुतिमें उनका 'सर्वतोमुख' नाम प्रयुक्त हुआ है, इसीलिये उन्हें 'सर्वतोमुख' कहते हैं।

(प्रश्न) अब यह बतानेकी कृपा करें कि भगवान्‌को **'नृसिंहम्'** क्यों कहा गया है ? (उत्तर) सम्पूर्ण प्राणियोंमें नर (मनुष्य) अधिक पराक्रमी तथा सबसे श्रेष्ठ है। इसी प्रकार सिंह भी सबसे अधिक शक्तिशाली और सबसे अधिक

श्रेष्ठ है; इसलिये परमेश्वर नर और सिंह दोनोंका संयुक्त रूप धारण करके प्रकट हुए। निश्चय ही उनका यह स्वरूप जगत्‌का कल्याण करनेके लिये ही है। यह स्वरूप सनातन एवं अविनाशी है। ऋचा कहती है—'भगवान् विष्णु मृग अर्थात् सिंहरूपमें स्थित होकर उपासकोंद्वारा स्तुत होते हैं। विभिन्न उपासक स्तोत्रोंद्वारा उनकी स्तुति करते हैं। स्तुतिका उद्देश्य है—नाना प्रकारकी शक्ति प्राप्त करना। भगवान् सिंहरूपमें प्रकट होकर भी भक्तजनोंके लिये भयङ्कर नहीं हैं। वे पृथिवीपर भी विचरते हैं और पर्वतपर भी स्थित होते हैं। अथवा वे कहाँ नहीं हैं—सभी रूपोंमें हैं, स्तुति करनेवालोंकी वाणीमें भी हैं। ये वे ही भगवान् हैं, जिनके तीन बड़े-बड़े डगोंमें सम्पूर्ण विश्व (तीनों लोक) समा जाते हैं। अथवा जो ब्रह्मा, विष्णु और शिव—तीन रूपोंमें लीला करते हैं।' इन्हीं सब कारणोंसे इन्हें 'नृसिंह' कहते हैं।

(प्रश्न) अब यह बतायें कि भगवान्‌के लिये 'भीषणम्' विशेषणका प्रयोग क्यों किया जाता है? (उत्तर) इनके भीषण रूपको देखकर सब लोक, समस्त देवता और सम्पूर्ण भूत-प्राणी भयसे घबराकर भागने लगते हैं; किंतु ये स्वयं किसीसे भी भयभीत नहीं होते। इनके विषयमें ऋचा कहती है—'इनके भयसे ही वायु चलती है, इनके भयसे ही सूर्य ठीक समयसे उदित होता है; इन्द्र, अग्नि और पाँचवीं मृत्यु—ये सब भी इनके भयसे ही अपने-अपने कर्तव्यका पालन करनेके लिये दौड़ लगाते रहते हैं।' इसीलिये इनको 'भीषण' कहा जाता है।

(प्रश्न) अब यह बताना चाहिये कि भगवान्‌को 'भद्रम्' क्यों कहा गया है? (उत्तर) इसलिये कि भगवान् स्वयं भद्र (कल्याण)-स्वरूप होकर सदा सबको भद्र (कल्याण) प्रदान करते हैं। वे कान्तिमान् होकर दूसरोंको कान्तिमान् बनाते और स्वयं शोभासम्पन्न होकर दूसरोंको भी सुशोभित करते हैं तथा साक्षात् कल्याणमय हैं। ऋग्वेद भी कहता है—'देवताओ! यजन (भगवान्‌का आराधन) करते हुए हमलोग अपने कानोंसे भद्र (कल्याण) का श्रवण करें। नेत्रोंसे भद्र (कल्याण) का ही दर्शन करें। अपने सुदृढ़ अङ्गों तथा त्रिविध शरीरोंद्वारा भगवान्‌का स्तवन करते हुए हमलोग ऐसी आयुका उपभोग करें, जो हमारे उपास्य-देव भगवान्‌के काम आ सके।' इस श्रुतिमें भगवान्‌का नाम 'भद्र' आया है। इसलिये उनको 'भद्र' कहते हैं।

(प्रश्न) अब यह बताना चाहिये कि भगवान्‌के लिये 'मृत्युमृत्युम्' यह विशेषण क्यों प्रयुक्त हुआ है? (उत्तर) इसलिये कि वे स्मरण करते ही अपनी ही महिमाद्वारा अपने भक्तोंकी मृत्यु और अपमृत्यु—अकालमृत्युको भी मार डालते हैं। ऋचा भी कहती है—'जो आत्मा (अपना स्वरूप) और बल प्रदान करनेवाले हैं, सम्पूर्ण देवता जिनके अनुशासनका नतमस्तक होकर पालन करते हैं, जिनकी छाया—जिनका आश्रय अमृतरूप है, जो मृत्युके लिये भी मृत्युरूप हैं, ऐसे एक देवता—भगवान् नृसिंहकी हम हविष्यद्वारा—अपनी ही भेंट अर्पण करके उपासना करते हैं।' इस श्रुतिके अनुसार भगवान्‌का नाम मृत्युमृत्यु भी है, इसीलिये उन्हें 'मृत्युमृत्यु' कहा जाता है।

(प्रश्न) अब यह बताना चाहिये कि मन्त्रराज आनुष्टुभमें 'नमामि' इस पदका प्रयोग क्यों किया जाता है? (उत्तर) इसलिये कि जिन्हें सम्पूर्ण देवता, मुमुक्षु तथा ब्रह्मवादी (मुक्त पुरुष) भी नमस्कार करते हैं, उन्हें नमस्कार करना उचित ही है। ऋचा भी कहती है—'वे ब्रह्मा और वेदोंका भी पालन करनेवाले हैं, उन्हींको लक्ष्य करके ब्रह्मा स्तुतिके उपयुक्त मन्त्रोंका पाठ करके भगवान्‌को नमस्कार करते हैं; उन्हींमें इन्द्र, वरुण, मित्र तथा अर्यमा आदि देवताओंने अपना आश्रय बनाया है। इसीलिये उनके प्रति 'नमामि' (नमस्कार करता हूँ) यों कहा जाता है।

(प्रश्न) अब यह बतानेकी कृपा करें कि उक्त मन्त्रमें 'अहम्' इस पदका प्रयोग क्यों किया जाता है? (उत्तर) इसलिये कि श्रुति कहती है—'मैं इस मूर्त और अमूर्त जगत्‌से प्रथम उत्पन्न होनेवाला चेतन आत्मा हूँ। देवताओंसे भी पहले मेरी स्थिति है। मैं अमृतका केन्द्र हूँ। हे देव! जो मुझे धारण या स्वीकार करते हैं अथवा जो मुझे अपना आश्रय प्रदान करते हैं, उन्हीं आपने मेरा रक्षण भी किया है। मैं अन्न हूँ। मैं अन्नके भक्षण करनेवालेको भी खा जाता हूँ। मैं सम्पूर्ण विश्वको सूर्यकी ज्योतिकी भाँति अपने तेजसे तिरस्कृत कर सकता हूँ।' जो इस प्रकार जानता है, वही यथार्थ उपासक है। यह महोपनिषद् है।

तृतीय उपनिषद्

मन्त्रराज आनुष्टुभकी शक्ति तथा बीज

कहते हैं, देवताओंने जिज्ञासापूर्वक प्रजापतिसे कहा—'भगवन्! भगवान् नरसिंहके मन्त्रराज आनुष्टुभकी शक्ति और बीज क्या हैं, यह हमें बताइये।'

तब उन सुप्रसिद्ध प्रजापतिने कहा—भगवान् नृसिंहकी शक्तिभूता जो यह माया है, निश्चय वही इस सम्पूर्ण जगत्की रचना करती है, इस सम्पूर्ण जगत्की रक्षा करती है तथा इस सम्पूर्ण जगत्का संहार करती है। अतः इस मायाको ही शक्ति जाने। जो इस मायारूप शक्तिको जानता है, वह पापसे तर जाता है, वह मृत्युसे पार हो जाता है, वह संसारसे भी तर जाता है तथा वह अमृतत्वको भी प्राप्त कर लेता है। इस लोकमें वह महती समृद्धि प्राप्त करता है।

ब्रह्मवादी विचार करते हैं कि यह माया-शक्ति ह्रस्व है या दीर्घ है अथवा प्लुत है? यदि ह्रस्व है तो इसे इस रूपमें जाननेसे यह सम्पूर्ण पापोंको दग्ध कर देती है और उपासक अमृतत्वको प्राप्त होता है। यदि दीर्घ है तो इसे इस रूपमें जाननेसे साधक महान् ऐश्वर्यको प्राप्त होता है और अमृतत्वको भी प्राप्त कर लेता है। यदि यह प्लुत है तो इसे इस रूपमें जाननेसे मनुष्य ज्ञानवान् होता है और अमृतत्वको भी प्राप्त हो जाता है। इस विषयमें ऋषिने यह उदाहरण प्रस्तुत किया है—'हे मायाशक्तिरूप विन्दुयुक्त स्वर! मैं सरलभावका इच्छुक तथा संसार-सिन्धुसे तरनेके लिये प्रयत्नशील होकर साधनके लिये उपयोगी दीर्घ आयु प्राप्त करनेके उद्देश्यसे भगवान् विष्णुकी शक्ति श्रीदेवीकी, श्रीलक्ष्मीजीकी (जो नृसिंहदेवकी शक्ति हैं), शङ्करजीकी शक्ति पर्वतराजपुत्री अम्बिकाकी, ब्रह्माजीकी शक्ति सरस्वतीदेवीकी, षष्ठीदेवी (स्कन्दशक्ति)-की, इन्द्रसेना नामसे प्रसिद्ध इन्द्रशक्तिकी तथा ब्रह्मप्राप्तिकी कारणभूता एवं साकाररूपमें प्रकट हुई विद्या-शक्तिकी शरण लेता हूँ। आप उपर्युक्त शक्तियोंकी तथा मुझ उपासककी रक्षा करें।'

निश्चय ही सम्पूर्ण भूतोंका यह आकाश ही परम आधार है। ये सम्पूर्ण भूत आकाशसे ही उत्पन्न होते हैं। उत्पन्न होनेपर आकाशसे ही जीवन धारण करते हैं तथा मृत्यु होनेपर आकाशमें ही लीन हो जाते हैं; इसलिये आकाशको ही बीज—सबका मूल कारण जाने। इस विषयमें ऋषि (मन्त्र) ने यह दृष्टान्त रक्खा है—'विशुद्ध परम धाममें अथवा बुद्धिमें रहनेवाले जो स्वयम्प्रकाश पुरुषोत्तम हैं, वे ही अन्तरिक्ष-निवासी वसु हैं, घरोंमें उपस्थित होनेवाले अतिथि हैं; यज्ञकी वेदीपर स्थापित होनेवाले अग्निदेव तथा उनमें आहुति डालनेवाले होता भी वे ही हैं; समस्त मनुष्योंमें अर्थात् भूलोकमें, उससे श्रेष्ठ स्वर्गलोकमें तथा सर्वश्रेष्ठ सत्यलोकमें भी उन्हींका निवास है। वे ही आकाशमें रहनेवाले हैं। जल, पृथ्वी, सत्कर्म तथा पर्वतोंमें प्रकट होनेवाले भी वे ही हैं; वे ही सबसे महान् परम सत्य हैं।' जो इस प्रकार जानता है, वह भी पूर्वोक्त फलका भागी होता है। यह महोपनिषद् है।

चतुर्थ उपनिषद्

मन्त्रराज आनुष्टुभके अङ्गभूत मन्त्र; प्रणव वाच्यरूप भगवान् नृसिंहदेवके चार पाद; स्तुतिके मन्त्र

उन प्रसिद्ध देवताओंने प्रजापति ब्रह्माजीसे जिज्ञासापूर्वक कहा—'भगवन्! नृसिंहदेवके मन्त्रराज आनुष्टुभके अङ्गभूत मन्त्रोंका हमारे लिये वर्णन कीजिये।'

यह सुनकर वे सुप्रसिद्ध प्रजापति बोले—प्रणव (ॐकार), गायत्री, यजुर्लक्ष्मी तथा नृसिंहगायत्री—ये इस मन्त्रराजके अङ्गभूत मन्त्र हैं। इन सबको जानना चाहिये। जो जानता है, वह (लौकिक लाभके साथ ही) अमृतत्वको भी प्राप्त करता है॥ १॥

'ॐ' यह अक्षर (अविनाशी परमात्मा) है। यह दृश्यमान सम्पूर्ण जगत् इस परमात्मस्वरूप ॐकारकी ही उपव्याख्या—महिमाका विस्तार है। भूत, वर्तमान और भविष्य—इन तीनों कालोंसे सम्बन्ध रखनेवाला सब कुछ ॐकार ही है। तथा उपर्युक्त तीनों कालोंसे अतीत जो कोई दूसरा तत्त्व है, वह भी ॐकार ही है। निश्चय ही यह सब कुछ ब्रह्म है। ये परमात्मा (भगवान् नृसिंहदेव) ब्रह्म हैं। उन सर्वात्मा श्रीनृसिंहदेवके चार पाद हैं। उनके

समग्ररूपका तत्त्व समझानेके लिये श्रुतिने यहाँ चार पादोंकी कल्पना की है।

जाग्रत्-अवस्था तथा उसके द्वारा उपलक्षित यह सम्पूर्ण स्थूल जगत् ही जिनका स्थान—शरीर है, अर्थात् जो सम्पूर्ण विश्वमें व्याप्त हो रहे हैं; जिनका ज्ञान इस बाह्य जगत्में फैला हुआ है अथवा जो बाह्य (स्थूल) जगत्को ही अपनी प्रज्ञाका विषय बनाते हैं; भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्य—ये सात लोक ही जिनके अङ्ग हैं; पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण तथा चार अन्तःकरण—ये उन्नीस समष्टि करण ही जिनके मुख[1] हैं; जो स्थूल जगत्के भोक्ता (अनुभव और पालन करनेवाले) हैं तथा जो विश्व-शरीरमें स्थित नर (अन्तर्यामी पुरुष) होनेके कारण 'वैश्वानर' नाम धारण करते हैं, वे सर्वरूप 'वैश्वानर' ही पूर्णतम परमात्मा श्रीनृसिंहदेवके प्रथम पाद हैं। (चार व्यूहोंमें ये ही बलभद्र-स्वरूप हैं।)

स्वप्नावस्था और उसके द्वारा उपलक्षित सूक्ष्म जगत् ही जिनका स्थान (शरीर) है, जिनका ज्ञान बाह्य जगत्की अपेक्षा आन्तरिक अर्थात् सूक्ष्म जगत्में व्याप्त है, जो पूर्वोक्त सात अङ्गों और उन्नीस मुखोंवाले हैं, जो सूक्ष्म जगत्के सूक्ष्म तत्त्वोंका अनुभव और पालन करनेवाले हैं, वे तैजस पुरुष (प्रकाशके स्वामी सूत्रात्मा—हिरण्यगर्भ) उन पूर्णब्रह्म परमात्मा श्रीनृसिंहदेवके द्वितीय पाद हैं। (चतुर्व्यूहोंमें ये ही प्रद्युम्नरूप हैं।)

जिस अवस्थामें सोया हुआ पुरुष किसी भी भोगकी कामना नहीं करता, कोई भी स्वप्न नहीं देखता, वह सुषुप्ति-अवस्था है। ऐसी सुषुप्ति तथा उसके द्वारा उपलक्षित सम्पूर्ण जगत्की प्रलयावस्था (जब कि सारा विश्व अपने कारणमें विलीन हो जाता है) जिनका स्थान (शरीर) है, अर्थात् समष्टि कारण-तत्त्वमें जिनकी स्थिति है, जो एक रूपमें ही स्थित हैं अर्थात् जिनकी अभी नाना रूपोंमें अभिव्यक्ति नहीं हुई है, घनीभूत विज्ञान ही जिनका स्वरूप है, जो केवल आनन्दमय ही हैं, चिन्मय प्रकाश ही जिनका मुख है तथा जो एकमात्र अपने स्वरूपभूत आनन्दके ही उपभोक्ता हैं, जिनके अतिरिक्त और कोई है ही नहीं, वे प्राज्ञ पुरुष ही पूर्ण ब्रह्म परमात्मा श्रीनृसिंहदेवके तृतीय पाद हैं। (चतुर्व्यूहोंमें इन्हींको अनिरुद्ध कहा गया है।)

१. विषय-ग्रहणमें द्वारभूत होनेके कारण इनको मुख कहा गया है।

इस प्रकार तीनों पादोंके रूपमें उपवर्णित ये परमात्मा सबके ईश्वर हैं। ये सर्वज्ञ हैं। ये अन्तर्यामी हैं। ये सम्पूर्ण विश्वके कारण हैं। तथा समस्त प्राणियोंकी उत्पत्ति, (स्थिति) और प्रलयके स्थान भी ये ही हैं।

जो न सूक्ष्मको जानता है न स्थूलको जानता है, और न दोनोंको ही जानता है; जिसे जाननेवाला और न जाननेवाला—कुछ भी नहीं कहा जा सकता और जो न प्रज्ञानका ही घनीभूत रूप है; जो देखा नहीं जा सकता, व्यवहारमें नहीं लाया जा सकता और न पकड़नेमें ही आ सकता है; जिसका कोई लक्षण अथवा चिह्न—आकार भी नहीं है; जो चिन्तन करनेमें नहीं आ सकता और न बतलानेमें ही आ सकता है; एकमात्र आत्मसत्ताकी प्रतीति—अनुभूति ही जिसका सार अथवा स्वरूप है तथा जिसमें प्रपञ्चका सर्वथा अभाव है—ऐसा सर्वथा शान्त, कल्याणमय, अद्वितीय तत्त्व उन पूर्णब्रह्म परमात्मा नृसिंहदेवका चतुर्थ पाद है। यों ज्ञानी महात्मा मानते हैं। इस प्रकार चार पादोंमें जिनका वर्णन किया गया है, वे ही प्रणववाच्य परमात्मा भगवान् नृसिंहदेव हैं और वे ही जाननेयोग्य हैं (उन्हींकी महिमाका इस उपनिषद्में वर्णन है) ॥ २ ॥

अब सावित्रीका परिचय देते हैं। (यद्यपि मन्त्रराजके पदोंमें 'सवितृ'-वाचक शब्दका उपादान नहीं हुआ है, तथापि तिमिरविनाशक सूर्यकी भाँति वह उपासकोंके अन्तस्तमको दूर करनेवाला है—यह प्रदर्शित करनेके लिये ही 'सावित्री' को अङ्ग-मन्त्र माना गया है।) यह सावित्री-मन्त्र गायत्री-छन्द-विशिष्ट यजुर्मन्त्रके रूपमें निरूपित हुआ है। उसके द्वारा ही यह सब कुछ व्याप्त है। आठ अक्षरोंका मन्त्र होनेसे ही उसको गायत्री कहा गया है। मन्त्र इस प्रकार है—'घृणिः सूर्य आदित्यः।' 'घृणिः' ये दो अक्षर हैं। 'सूर्यः' ये तीन अक्षर हैं।* तथा 'आदित्यः' ये तीन अक्षर हैं। यह सावित्र-मन्त्रका आठ अक्षरोंवाला पद है; इसको आरम्भमें श्रीबीज (श्रीं) से विभूषित किया जाता है। जो इस प्रकार इस मन्त्रको जानता है, वह लक्ष्मीके द्वारा अभिषिक्त होता है। यही बात ऋचाद्वारा कही गयी है—'ऋग्वेदकी ऋचाएँ अविनाशी परम-व्योमस्वरूप स्वप्रकाश परमात्मामें प्रतिष्ठित हैं, जहाँ कि सम्पूर्ण

* यद्यपि इसमें दो ही अक्षर सस्वर हैं, तथापि वैदिक छन्दोंके लिये स्वीकृत व्यूहके नियमानुसार 'सूर्यः' के स्थानमें 'सूरियः' पाठ मानकर गणना करनेसे तीन अक्षर होते हैं। गायत्री-मन्त्रमें भी 'वरेण्यम्' के स्थानमें 'वरेणियम्' मानकर गणना करनेसे ही चौबीस अक्षर पूरे होते हैं।

देवता भलीभाँति निवास करते हैं। जो उपासक उन स्वप्रकाश परमात्माको नहीं जानता, वह ऋचाओंके स्वाध्यायसे क्या कर लेगा ? तथा जो उन परमात्माको जानते हैं, वे ही ये उपासक उनके परमधाममें सुखपूर्वक निवास करते हैं।' इसी प्रकार जो सावित्र-मन्त्रको जानता है, उसको ऋक्, साम और यजुर्वेदके मन्त्रोंसे कोई प्रयोजन नहीं है।

ॐ भूर्लक्ष्मीर्भुवर्लक्ष्मीः स्वर्लक्ष्मीः कालकर्णी तन्नो महालक्ष्मीः प्रचोदयात्।

'जो सच्चिदानन्दमयी देवी भूर्लोककी लक्ष्मी—शोभा, भुवर्लोककी लक्ष्मी तथा स्वर्लोककी लक्ष्मी हैं, जो कालकर्णी नामसे विख्यात हैं, वे भगवती महालक्ष्मी हमें सत्कर्मोंके लिये प्रेरणा देती रहें।' निश्चय ही यह महालक्ष्मीकी यजुर्वेदोक्त गायत्री है, जो चौबीस अक्षरोंकी है। यह सब—जो कुछ यह प्रतीत हो रहा है, निःसंदेह गायत्री ही है। इसलिये जो इस यजुर्वेदसम्बन्धिनी महालक्ष्मी गायत्रीको जानता है, वह बड़ी भारी सम्पत्तिको प्राप्त होता है।

ॐ नृसिंहाय विद्महे वज्रनखाय धीमहि तन्नः सिंहः प्रचोदयात्।

'ॐश्रीनृसिंहदेवकी प्राप्तिके लिये हम उपासना करते हैं, वज्रके समान नखोंवाले उन भगवान्‌के लिये ही उनके स्वरूपका हम चिन्तन करते हैं; वे भगवान् नरसिंह हमें प्रेरणा दें।' यही नृसिंहगायत्री है, जो देवताओं और वेदोंका भी आदि कारण है। जो इस प्रकार जानता है, वह आदि-कारणभूत भगवान्‌से संयुक्त होता है॥ २॥

देवताओंने प्रजापतिसे फिर पूछा—'भगवन्! किन मन्त्रोंसे स्तुति करनेपर भगवान् नृसिंहदेव प्रसन्न होते और अपने स्वरूपका प्रत्यक्ष दर्शन कराते हैं, यह हमें बतलायें।' यह सुनकर उन सुप्रसिद्ध प्रजापतिने कहा—

ॐ उं ॐ यो ह वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च ब्रह्मा भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १॥

ॐ प्रं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च विष्णुर्भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ २॥

ॐ वीं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च महेश्वरो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ३॥

ॐ रं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च पुरुषो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ४॥

ॐ मं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्चेश्वरो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ५॥

ॐ हां ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्या सरस्वती भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ६॥

ॐ विं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्या श्रीर्भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ७॥

ॐ ष्णुं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्या गौरी भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ८॥

ॐ ज्वं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्या प्रकृतिर्भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ९॥

ॐ लं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्या विद्या भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १०॥

ॐ तं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्चोङ्कारो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ ११॥

ॐ सं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्याश्चतस्रोऽर्धमात्रा भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १२॥

ॐ वं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये च वेदाः साङ्गाः सशाखा भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १३॥

ॐ तों ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये पञ्चाग्नयो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १४॥

ॐ मुं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्याः सप्तव्याहृतयो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १५॥

ॐ खं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये चाष्टौ लोकपाला भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १६॥

ॐ नृं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये चाष्टौ वसवो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १७॥

ॐ सिं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये च रुद्रा भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १८॥

ॐ हूं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये च आदित्या भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ १९॥

ॐ भीं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्ये चाष्टौ ग्रहा भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ २०॥

ॐ षं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यानि पञ्च महाभूतानि भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ २१॥

ॐ णं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च कालो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ २२॥

ॐ भं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च मनुर्भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥ २३॥

ॐ द्रं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च मृत्युर्भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ २४ ॥

ॐ मृं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च यमो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ २५ ॥

ॐ त्युं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्चान्तको भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ २६ ॥

ॐ मृं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च प्राणो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ २७ ॥

ॐ त्युं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च सूर्यो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ २८ ॥

ॐ नं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च सोमो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ २९ ॥

ॐ मां ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च विराट् पुरुषो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ३० ॥

ॐ म्यं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च जीवो भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ३१ ॥

ॐ हं ॐ यो वै नृसिंहो देवो भगवान्यश्च सर्वं भूर्भुवः स्वस्तस्मै वै नमो नमः ॥ ३२ ॥

ॐ (उं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि ब्रह्मा एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हींको हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (ग्रं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि विष्णु एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (वीं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि महेश्वर तथा भूः-भुवः और स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (ं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि पुरुष एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (मं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि ईश्वर एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (हां) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि सरस्वती एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (विं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि श्री एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (ष्णुं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि गौरी एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (ज्वं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि प्रकृति एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (लं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि विद्या एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (तं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि ॐकार एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (सं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि चार अर्धमात्रा एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (वं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि अङ्ग, शाखा और इतिहाससहित वेद एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (तों) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि पाँच अग्नियाँ एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (मुं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि सात महाव्याहृतियाँ एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (खं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि आठ लोकपाल एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (नृं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि आठ वसु एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (सिं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि ग्यारह रुद्र एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (हं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि बारह आदित्य एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (भीं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि आठ ग्रह एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (षं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि पञ्च महाभूत एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (णं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि काल एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (भं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान्

नृसिंहदेव हैं, जो कि मनु एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (द्रं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि मृत्यु एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (मृं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि यम एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (त्युं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि अन्तक एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (मृं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि प्राण एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (त्युं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि सूर्य एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (नं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि सोम एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (मां) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि विराट् पुरुष एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (म्यं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि जीव एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है। ॐ (हं) निश्चय ही जो वे परम प्रसिद्ध भगवान् नृसिंहदेव हैं, जो कि सर्वरूप एवं भूः-भुवः-स्वः—त्रिभुवनरूप हैं, उन्हें ही हमारा बारंबार नमस्कार है ॥ १—३२ ॥

ये (मन्त्रराजके ३२ अक्षरोंके अनुसार) बत्तीस मन्त्र हैं। इन मन्त्रोंको बताकर प्रजापतिने उन देवताओंसे कहा—'देवगण! तुमलोग इन मन्त्रोंसे प्रतिदिन भगवान्‌का स्तवन करो। इससे भगवान् नृसिंहदेव प्रसन्न होते और अपने स्वरूपका प्रत्यक्ष दर्शन कराते हैं। इसलिये जो इन मन्त्रोंद्वारा नित्य भगवान् नरसिंहदेवकी स्तुति करता है, वह उनका प्रत्यक्ष दर्शन पाता है तथा उनके विश्वरूपको देख लेता है। साथ ही वह अमृतत्वको भी प्राप्त होता है। जो इस प्रकार जानता है, उसे भी वही फल मिलता है। यह महोपनिषद् है ॥ ४ ॥

पञ्चम उपनिषद्

आनुष्टुभ मन्त्रराजके सुदर्शन नामक महाचक्रका वर्णन; मन्त्रराजके जपका फल

कहते हैं, देवताओंने श्रद्धापूर्वक प्रजापतिसे कहा—"भगवन्! श्रीनृसिंहदेवके आनुष्टुभ मन्त्रराजका जो 'महाचक्र' नामक चक्र है, उसका हमसे वर्णन कीजिये। यह चक्र सम्पूर्ण कामनाओंको पूर्ण करनेवाला तथा मोक्षका द्वार है—इस प्रकार योगीजन वर्णन करते हैं।"

यह सुनकर वे प्रसिद्ध प्रजापति बोले—निश्चय ही यह सुदर्शन नामक महाचक्र छः अक्षरोंका है; इसीलिये यह छः अरोंसे युक्त होता है—छः दलोंवाला चक्र बनता है। छः ही ऋतुएँ होती हैं; ऋतुओंसे ही इसके अरोंकी समानता की जाती है। अर्थात् इसके छः दलोंमें छः ऋतुओंकी भावना करनी चाहिये। इसके मध्यमें नाभि होती है। नाभिमें ही ये अरे प्रतिष्ठित होते हैं। फिर यह सारा चक्र मायारूप नेमिसे आवेष्टित होता है। माया आत्माका स्पर्श नहीं करती, इसलिये वह षड्दल चक्र बाहरकी ओरसे ही मायाद्वारा आवेष्टित होता है। इसके बाद आठ अरोंसे युक्त अष्टदल चक्र बनता है। आठ अक्षरोंकी ही एक पादवाली गायत्री होती है; गायत्रीके अक्षरोंसे ही इस चक्रके अरोंकी तुलना की जाती है। (इसके आठ दलोंमें गायत्रीके एक पादकी भावना करे।) यह भी बाहरकी ओरसे मायाद्वारा आवेष्टित होता है। निश्चय ही यह माया प्रत्येक क्षेत्रको व्याप्त किये रहती है। इसके बाद द्वादश अरोंसे युक्त द्वादशदलका चक्र होता है। बारह अक्षरोंका ही जगती छन्द (का एक पाद) होता है। जगतीकी अक्षर-संख्यासे ही यह चक्र संतुलित होता है। (इसके द्वादश दलोंमें जगतीके एक पादकी भावना करे।) यह भी बाहरसे मायाद्वारा आवेष्टित होता है। तदनन्तर षोडशारचक्र है, जो सोलह दलोंसे सम्पन्न होता है। निश्चय ही पुरुष सोलह कलाओंसे युक्त है। पुरुष (परमात्मा) ही यह सब कुछ है। अतः षोडशार चक्रके अरोंको पुरुषकी कलाओंकी उपमा दी जाती है। (इसके षोडश दलोंमें पुरुषकी—अन्तर्यामी परमात्माकी सोलह कलाओंकी भावना करे।) यह भी बाहरकी ओरसे मायाद्वारा आवेष्टित होता है। तत्पश्चात् बत्तीस अरोंसे युक्त अर्थात् बत्तीस दलोंवाला चक्र है। बत्तीस अक्षरोंका ही अनुष्टुप् छन्द होता है। अनुष्टुप्के अक्षरोंसे ही इसके

अरोंकी तुलना होती है। (इसके बत्तीस दलोंमें अनुष्टुप्‌की भावना करे।) यह चक्र भी बाहरकी ओरसे मायाद्वारा आवेष्टित है। अरोंसे ही यह पूर्णतः आबद्ध है। वेद ही इसके अरे हैं। पत्तोंसे ही यह सब ओर घूमता है। छन्द ही इसके पत्ते हैं॥ १॥

यह बत्तीस दलोंसे सम्पन्न महाचक्र ही सुदर्शन नामसे विख्यात है। इसके मध्यभागमें स्थित जो नाभिस्थान है, उसमें नृसिंह-देवता-सम्बन्धी अविनाशी तारक-मन्त्रका न्यास करे। वह तारक-मन्त्र एक अक्षरका—ॐ है। छः पत्रोंमें छः अक्षरोंवाले 'सहस्रार हुं फट्' इस सुदर्शन मन्त्रका न्यास होता है। आठ दलोंमें आठ अक्षरोंवाले 'ॐ नमो नारायणाय' इस नारायण-मन्त्रका न्यास होता है। बारह दलोंमें द्वादशाक्षर वासुदेव-मन्त्र (ॐ नमो भगवते वासुदेवाय) का न्यास किया जाता है। सोलह दलोंमें वर्णमालाके आदि सोलह अक्षर, जो बिन्दुयुक्त सोलह स्वर-वर्णोंके रूपमें हैं, रक्खे जाते हैं। बत्तीस दलोंमें बत्तीस अक्षरोंके नृसिंह-देवतासम्बन्धी मन्त्रराज आनुष्टुभका न्यास किया जाता है। (एक-एक दलमें मूल-मन्त्रके एक-एक अक्षरको प्रणवसे सम्पुटित करके रक्खा जाता है।) वही यह सुदर्शन नामसे प्रसिद्ध महाचक्र है, जो सब कामनाओंको पूर्ण करनेवाला, मोक्षका द्वार, ऋक्, यजुः और सामवेदस्वरूप तथा ब्रह्ममय एवं अमृतमय है। उसके पूर्वभागमें आठ वसुगण रहते हैं। दक्षिणभागमें ग्यारह रुद्र, पश्चिमभागमें बारह आदित्य, उत्तरभागमें विश्वेदेव, नाभिमें ब्रह्मा, विष्णु तथा महादेवजी एवं पार्श्वभागमें सूर्य और चन्द्रमा हैं।

यही बात ऋचाद्वारा कही गयी है—'अविनाशी परम आकाशस्वरूप भगवान् नृसिंहमें (तथा उनके इस सुदर्शन महाचक्रमें) ही ऋक् आदि सम्पूर्ण वेद प्रतिष्ठित हैं। उनमें ही सम्पूर्ण देवता निवास करते हैं। जो उन परमात्मा नृसिंह-देव तथा उनके महाचक्रको नहीं जानता, वह ऋग्वेद पढ़कर क्या करेगा? उसका वेदाध्ययन व्यर्थ है। और जो उन भगवान् नृसिंहदेव तथा उनके सुदर्शन महाचक्रको जानते हैं, वे ही उपासक भगवान्‌में उत्तम स्थितिको प्राप्त करते हैं।' इस सुदर्शन नामक महाचक्रको जो बालक अथवा युवा होकर भी जान लेता है, वह महान् बन जाता है; वह सबका गुरु है। वह सब मन्त्रोंका उपदेशक हो जाता है। मन्त्रराज अनुष्टुप्‌से होम करे। अनुष्टुप्-मन्त्रसे ही पूजन करे। यह सुदर्शन महाचक्र राक्षसजनित भयका नाश करनेवाला है, मृत्युसे तारनेवाला है। इसे यन्त्ररूपमें गुरुद्वारा प्राप्त करके कण्ठमें, बाँहमें अथवा शिखामें बाँध ले। इस मन्त्रके उपदेशक गुरुको सात द्वीपोंवाली समूची पृथ्वी भी दक्षिणारूपमें दे दी जाय तो उसके लिये यह पर्याप्त नहीं है। अर्थात् उस मन्त्रकी महिमाके समक्ष सम्पूर्ण पृथ्वीका दान भी तुच्छ है। अतएव श्रद्धा और शक्तिके अनुसार जो कुछ भी हो सके, थोड़ी बहुत भूमि दान करनी चाहिये; वही दक्षिणा होती है॥ २॥

उन प्रसिद्ध देवताओंने पुनः प्रजापतिसे श्रद्धापूर्वक पूछा—'भगवन्! आनुष्टुभ मन्त्रराज नारसिंहका क्या फल है, यह हमें बताइये।'

यह सुनकर उन सुप्रसिद्ध प्रजापतिने कहा—जो इस नारसिंह मन्त्रराज आनुष्टुभका नित्य जप करता है, वह मानो अग्निमें तपाया जाकर शुद्ध हो जाता है। वह वायुपूत होता है। वह सूर्य और चन्द्रमाद्वारा शुद्ध कर दिया जाता है। वह सत्यपूत होता है; वह लोकपूत होता है; वह ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र तथा समस्त वेदोंद्वारा पवित्र कर दिया जाता है।

सारांश यह कि वह सबके द्वारा सर्वथा पवित्र कर दिया जाता है॥ ३॥

जो भगवान् नृसिंहदेवके इस मन्त्रराज आनुष्टुभका नित्य जप करता है, वह मृत्युको पार कर जाता है। वह पापसे तर जाता है। वह ब्रह्महत्याको पार कर जाता है। वह भ्रूणहत्यासे तर जाता है। वह वीरहत्यासे तर जाता है। वह सबकी हत्यासे तर जाता है। वह जन्म-मृत्युरूप संसारको पार कर जाता है। वह सबको पार कर जाता है। वह सबको पार कर जाता है॥४॥

जो भगवान् नृसिंहदेवके इस मन्त्रराज आनुष्टुभका नित्य जप करता है, वह अग्निकी गतिको रोक देता है, वह वायुकी गतिको रोक देता है, वह सूर्यकी गतिको रोक देता है, वह चन्द्रमाकी गतिको रोक देता है, वह जलके प्रवाहको रोक देता है, वह सम्पूर्ण देवताओंको स्तब्ध कर देता है, वह सम्पूर्ण ग्रहोंकी गतिको रोक देता है तथा वह विषका भी स्तम्भन कर देता है॥५॥

जो भगवान् नृसिंहदेवके इस मन्त्रराज आनुष्टुभका नित्य जप करता है, वह देवताओंका आकर्षण कर लेता है। वह यक्षोंको भी अपने पास खींच लेता है। वह नागोंका आकर्षण कर लेता है। वह ग्रहोंको अपने समीप आकृष्ट कर लेता है। वह मनुष्योंको भी आकृष्ट कर लेता है। वह सबको आकृष्ट कर लेता है। वह सबको आकृष्ट कर लेता है॥ ६॥

जो भगवान् नृसिंहदेवके इस मन्त्रराज आनुष्टुभका नित्य जप करता है, वह भूलोकको जीत लेता है, वह भुवर्लोकको जीत लेता है, वह स्वर्गलोकको जीत लेता है, वह महर्लोकको जीत लेता है, वह जनलोकको जीत लेता है, वह तपोलोकको जीत लेता है, वह सत्यलोकको जीत लेता है, वह सब लोकोंको जीत लेता है, वह सब लोकोंको जीत लेता है॥ ७॥

जो भगवान् नृसिंहदेवके इस मन्त्रराज आनुष्टुभका

नित्य जप करता है, वह अग्निष्टोम यज्ञद्वारा यजन कर लेता है, वह उक्थ्य यागद्वारा यजन कर लेता है, वह 'षोडशी' से यजन कर लेता है, वह वाजपेयद्वारा यजन कर लेता है। वह अतिरात्रद्वारा यजन कर लेता है। वह आप्तोर्यामद्वारा यजन कर लेता है। वह अश्वमेधद्वारा यजन कर लेता है। वह सम्पूर्ण क्रतुओंद्वारा यजन कर लेता है। वह सम्पूर्ण क्रतुओंद्वारा यजन कर लेता है॥ ८॥

जो भगवान् नृसिंहदेवके इस मन्त्रराज आनुष्टुभका नित्य जप करता है, वह मानो ऋग्वेदका स्वाध्याय करता है। वह यजुर्वेदका स्वाध्याय करता है। वह सामवेदका स्वाध्याय करता है। वह अथर्ववेदका स्वाध्याय करता है। वह उसीके आङ्गिरस भागका स्वाध्याय करता है। वह शाखाओंका स्वाध्याय करता है। वह पुराणोंका स्वाध्याय करता है। वह कल्पों (यज्ञविधिको बतलानेवाले शास्त्रों) का स्वाध्याय करता है। वह गाथाओंका अध्ययन करता है। वह नाराशंसी नामक आख्यानोंका अध्ययन करता है। वह प्रणवका अध्ययन करता है। जो प्रणवका अध्ययन करता है, वह सबका अध्ययन करता है। वह सबका अध्ययन करता है॥ ९॥

जिनका उपनयन-संस्कार नहीं हुआ है, ऐसे जो सौ बालक हैं, वे एक उपनयन-संस्कारसम्पन्न ब्रह्मचारीके तुल्य हैं। जो सौ ब्रह्मचारी हैं, वे एक श्रोत्रिय (वेदपाठी) गृहस्थके तुल्य हैं। जो सौ गृहस्थ हैं, वे एक वानप्रस्थके तुल्य हैं; जो सौ वानप्रस्थ हैं, वे एक संन्यासीके तुल्य हैं। जो सौ संन्यासी हैं, वे एक रुद्र-जापक (रुद्र-मन्त्र अथवा रुद्राष्टाध्यायीका पाठ करनेवाले साधक) के तुल्य हैं। जो सौ रुद्र-जापक हैं, वे एक अथर्वशिरस् एवं अथर्वशिखा नामक उपनिषद्का स्वाध्याय करनेवालेके तुल्य हैं तथा जो सौ अथर्ववेदीय उपनिषदोंके स्वाध्यायकर्ता हैं, वे मन्त्रराज नारसिंहका जप करनेवाले एक साधकके तुल्य हैं। मन्त्रराज-का जप करनेवाले उपासकको वह परम धाम निश्चय ही प्राप्त होता है, जहाँ सूर्य नहीं तपता, जहाँ वायु नहीं बहती, जहाँ चन्द्रमा नहीं प्रकाशित होता, जहाँ तारे नहीं चमकते, जहाँ आग नहीं जलाती, जहाँ मृत्यु नहीं प्रवेश कर पाती, जहाँ दुःखका कोई प्रभाव नहीं होता, जो सदा आनन्दमय, परमानन्दपूर्ण, शान्त, शाश्वत, सदा कल्याणमय, ब्रह्मादि देवताओंद्वारा वन्दनीय तथा योगियोंका भी परम ध्येयरूप परमपद है और जहाँ जाकर योगी (परमात्मामें लगे हुए पुरुष) इस संसारमें नहीं लौटते।

इसके सम्बन्धमें ऐसी ही बात ऋग्वेदकी ऋचाद्वारा भी बतायी गयी है—

'जो आकाशमें तेजोमय सूर्यमण्डलकी भाँति, परमव्योममें चिन्मय प्रकाशद्वारा सब ओर व्याप्त है, भगवान् विष्णुके उस परमधामको विद्वान् उपासक सदा ही देखते हैं। साधनामें सदा जाग्रत् रहनेवाले निष्काम उपासक ब्राह्मण वहाँ पहुँचकर उस परमधामको और भी उद्दीप्त किये रहते हैं, जिसे विष्णुका परम पद कहते हैं।' वह परम पद निष्काम उपासकको प्राप्त होता है। वह यह परम पद निष्काम उपासकको प्राप्त होता है। जो इस प्रकार जानता है, वह उक्त फलका भागी होता है। यह महा-उपनिषद् है॥ १०॥

॥ अथर्ववेदीय नृसिंहपूर्वतापनीयोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

श्रीनृसिंहोत्तरतापनीयोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

'ॐ' नामसे परमात्म-तत्त्वका तथा उसके चार पादोंका वर्णन; चौथे पादके चार भेद

कहते हैं, एक बार देवताओंने प्रजापति ब्रह्माजीसे कहा—'भगवन् ! जो सूक्ष्मसे भी अत्यन्त सूक्ष्म हैं, उन प्रणव-रूप परमात्माके तत्त्वका हमसे स्पष्ट वर्णन कीजिये ।' इसपर ब्रह्माजीने 'तथास्तु' कहकर इस प्रकार उपदेश आरम्भ किया—

'ॐ' यह अक्षर (अविनाशी परमात्मा) है । यह सम्पूर्ण दृश्यमान जगत् उस परमात्मस्वरूप ॐकारकी ही उपव्याख्या—महिमाका विस्तार है । अतीत, वर्तमान और अनागत—इन तीनों कालोंमें होनेवाला यह सारा जगत् ॐकार ही है । तथा जो उपर्युक्त तीनों कालोंसे अतीत एवं जगत्से भिन्न कोई तत्त्व है, वह भी ॐकार ही है । निश्चय ही यह सब कुछ ब्रह्म है । यह आत्मा भी ब्रह्म है ।

इस आत्माकी 'ओम्' इस नामसे अभिहित ब्रह्मके साथ एकता करके तथा ब्रह्मकी आत्माके साथ 'ॐ'कारके वाच्यार्थ-रूपसे एकता करके, वह एकमात्र (अद्वितीय), जरारहित, मृत्युरहित, अमृतस्वरूप, निर्भय, चिन्मय तत्त्व 'ओम्' है—इस प्रकार अनुभव करे । उस परमात्मस्वरूप ॐकारमें स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीन शरीरोंवाले इस सम्पूर्ण दृश्य-प्रपञ्चका आरोप करके, अर्थात् एक परमात्मा ही सत्य हैं, उन्हींमें इस स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण-जगत्की कल्पना हुई है—विवेकद्वारा इस प्रकार अनुभव करके यह निश्चय करे कि यह जगत् सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा ही है । तथा तन्मय (परमात्ममय) होनेके कारण अवश्य यह तत्स्वरूप (परमात्मारूप) ही है, इस दृढ़ निश्चयके द्वारा जगत्को 'ओम्' के वाच्यार्थभूत परमात्मामें विलीन कर डाले । साथ ही उस त्रिविध शरीरवाले आत्माका 'यह त्रिविध शरीररूप उपाधिसे युक्त परब्रह्म ही है' इस प्रकार चिन्तन करे ।

स्थूल (विराट् जगत्स्वरूप) एवं स्थूल जगत्का भोक्ता, साथ-ही-साथ सूक्ष्म (सूक्ष्म जगत्स्वरूप) एवं सूक्ष्म जगत्का भोक्ता होनेके कारण तथा उसी प्रकार एकमात्र आनन्दस्वरूप एवं आनन्दमात्रका उपभोक्ता और साथ ही इन सबसे विलक्षण होनेके कारण वह आत्मा (परमात्मा) चार पादोंवाला है ।

जाग्रत्-अवस्था तथा इसके द्वारा उपलक्षित यह सम्पूर्ण जगत् ही जिनका स्थान अर्थात् शरीर है; जो सम्पूर्ण विश्वमें व्याप्त हो रहे हैं; जिनका ज्ञान इस स्थूल (बाह्य) जगत्में सब ओर फैला हुआ है; भूः, भुवः, स्वः आदि सात लोक ही जिनके सात अङ्ग हैं; पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण तथा चार अन्तःकरण—ये उन्नीस समष्टि करण ही जिनके मुख हैं; जो स्थूल जगत्के भोक्ता हैं;

धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष—ये चार पुरुषार्थ जिनके स्वरूप हैं अथवा स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षी—इन चार स्वरूपोंमें जिनकी अभिव्यक्ति होती है तथा जो विश्व-शरीरमें स्थित नर होनेके कारण 'वैश्वानर' कहलाते हैं, वे सर्वरूप वैश्वानर ही पूर्णतम परमात्मा श्रीनृसिंहदेवके प्रथम पाद हैं। (चार व्यूहोंमें इन्हींको बलभद्ररूप माना गया है।)

स्वप्नावस्था और उसके द्वारा उपलक्षित सूक्ष्म जगत् ही जिनका स्थान (शरीर) है, जिनका ज्ञान बाह्य जगत्की अपेक्षा आन्तरिक अर्थात् सूक्ष्म जगत्में व्याप्त है, जो पूर्वोक्त सात अङ्गों और उन्नीस मुखोंवाले तथा सूक्ष्म जगत्के सूक्ष्म तत्त्वोंका अनुभव और पालन करनेवाले हैं, वे पूर्ववत् चार स्वरूपोंवाले तैजस (प्रकाशके स्वामी) सूत्रात्मा—हिरण्यगर्भ उन पूर्णब्रह्म परमात्मा श्रीनृसिंहदेवके द्वितीय पाद हैं। (चार व्यूहोंमें इन्हींको प्रद्युम्न कहा गया है।)

जिस अवस्थामें सोया हुआ पुरुष किसी भी भोगकी कामना नहीं करता, कोई भी स्वप्न नहीं देखता, वह सुषुप्ति-अवस्था है। ऐसी सुषुप्ति तथा उसके द्वारा उपलक्षित सम्पूर्ण जगत्की प्रलयावस्था (जब कि सम्पूर्ण विश्व अपने कारणमें विलीन हो जाता है) जिनका स्थान (शरीर) है, अर्थात् समष्टि कारण-तत्त्वमें जिनकी स्थिति है; जो एकरूपमें ही स्थित हैं—जिनकी अभी नाना रूपोंमें अभिव्यक्ति नहीं हुई है; घनीभूत विज्ञान ही जिनका स्वरूप है; जो केवल आनन्दमय ही हैं; चिन्मय प्रकाश ही जिनका मुख है; ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प—इन चार स्वरूपोंमें जिनकी अभिव्यक्ति होती है* तथा जो एकमात्र अपने स्वरूपभूत आनन्दके ही उपभोक्ता हैं; जिनके अतिरिक्त दूसरा कोई है ही नहीं, वे प्राज्ञ नामसे प्रसिद्ध ईश्वर ही पूर्णब्रह्म परमात्मा श्रीनृसिंहदेवके तृतीय पाद हैं। (चार व्यूहोंमें ये ही 'अनिरुद्ध' नामसे प्रसिद्ध हैं।)

इस प्रकार तीनों पादोंके रूपमें वर्णित ये परमात्मा सबके ईश्वर हैं। ये सर्वज्ञ हैं। ये अन्तर्यामी हैं। ये सम्पूर्ण विश्वके कारण हैं तथा सम्पूर्ण प्राणियोंकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयके स्थान भी ये ही हैं।

जाग्रत् आदि तीनों ही अवस्थाओंमें लक्षित होनेवाला यह जगत् भी वास्तवमें सुषुप्तरूप ही है; क्योंकि इनसे मोहित हुए मनुष्योंको कभी किसी भी वस्तुका तात्त्विक ज्ञान नहीं होता। इसी प्रकार यह त्रिविध जगत् स्वप्नवत् भी है; क्योंकि यहाँ वस्तुका प्रायः विपरीत ही ज्ञान होता है। इतना ही नहीं, कुछ-का-कुछ प्रतीत होनेके कारण यहाँ सब कुछ मायामात्र ही है। परमात्मा इससे विलक्षण हैं; क्योंकि ये परमात्मा एकमात्र चिन्मय रसरूप हैं।

उक्त तीनों पादोंके अतिरिक्त जो चौथा पाद है, वह ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प—इन चार भेदोंके कारण चार रूपवाला है। उपर्युक्त चारों पाद तुरीय ही कहलाते हैं; क्योंकि प्रत्येक रूपका तुरीयमें ही पर्यवसान (लय) होता है। इस तुरीय पादमें भी जो ओत, अनुज्ञातृ और अनुज्ञारूप तीन भेद हैं, इन तीनोंको भी पूर्ववत् सुषुप्ति एवं स्वप्नके समान तथा मायामात्र ही समझना चाहिये; क्योंकि पारमार्थिक तुरीयरूप जो निर्विकल्प एवं निर्विशेष परमात्मा हैं, वे एकमात्र चिन्मय रसरूप ही हैं*।

* 'ओत' आदिका स्वरूप आगे बताया जायगा।

* इस प्रसङ्गका सारांश यों समझना चाहिये—जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति-कालमें अनुभव किया जानेवाला जो कुछ भी प्राकृत प्रपञ्च या सुख है, वह सब कार्य है और तुरीय उसका कारण है। कारणमें ही कार्यकी कल्पना होती है, अतः कारण ही सत्य है। कारणके भी साक्षी हैं सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा। वे कहीं सत्-रूपसे, कहीं चित्रूपसे, कहीं आनन्दरूपसे और कहीं सत् आदि समस्त रूपोंसे कारणमें व्याप्त हैं। इस प्रकार कारणमें परमात्माकी व्यापकताका चिन्तन करना ओतयोग कहलाता है। व्याप्त वस्तु-की सत्ता व्यापकके ही अधीन होती है, इस न्यायसे परमात्माके द्वारा व्याप्त कारण-तत्त्वकी स्वतः कोई सत्ता आदि नहीं है। वह परमात्माके अधीन सत्ताका ही प्रकाशक होनेके कारण परमात्मामें ही आरोपित या कल्पित है। इस प्रकारके चिन्तनका नाम अनुज्ञातृ-योग है। अध्यस्त, आरोपित या कल्पित वस्तु अपने अधिष्ठानसे पृथक् अस्तित्व नहीं रखती; वह अधिष्ठानस्वरूप ही समझी जाती है। अतः परमात्मामें आरोपित कारण-तत्त्व भी उनसे पृथक् नहीं, परमात्मरूप ही है। इस प्रकारका चिन्तन अनुज्ञायोग कहा गया है। ये तीनों योग कारण-ज्ञानकी अपेक्षा रखते हैं; अतः कारणमें ही इनका अन्तर्भाव है। इसीलिये इनके पृथक् अस्तित्वको सुषुप्त, स्वप्न एवं मायामात्र बताया गया है। इन भोगोंद्वारा कारणका क्षय या संहार होता है। लयके आधार हैं तुरीय परमात्मा; अतः इन सबको तुरीयपादरूप बताना उचित ही है। परमात्मा ही 'अविकल्प' नामसे निर्दिष्ट पारमार्थिक तुरीय हैं। 'अथायमादेशः' आदिके द्वारा श्रुति उन्हींके स्वरूपकी ओर संकेत करती है।

अनन्तर श्रुतिका यह आदेश (उपदेश) है—'जो न स्थूलको जानता है, न सूक्ष्मको जानता है और न दोनोंको ही जानता है; जो न तो जाननेवाला है, न नहीं जाननेवाला है और न प्रज्ञानका ही घनीभूत रूप है; जिसे देखा नहीं जा सकता, व्यवहारमें नहीं लाया जा सकता, जो पकड़नेमें नहीं आ सकता; जिसका कोई लक्षण—चिह्न अथवा आकार भी नहीं है; जो चिन्तन करनेमें नहीं आ सकता, जिसे किसी विशिष्ट रूपसे बताया नहीं जा सकता; एकमात्र आत्मसत्ताकी प्रतीति (अनुभूति) ही जिसका सार अथवा स्वरूप है एवं जिसमें प्रपञ्चका सर्वथा अभाव है—ऐसा सर्वथा कल्याणमय, परम शान्त अद्वितीय तत्त्व ही उन पूर्णब्रह्म परमात्मा नृसिंहदेवका चतुर्थ पाद है—यों ज्ञानी महात्मा मानते हैं।'

इस प्रकार चार पादोंमें जिनका वर्णन किया गया है, वे भगवान् नृसिंहदेव ही सबके आत्मा हैं; वे ही जाननेयोग्य हैं। वे कारणात्मा ईश्वर (अथवा त्रिभुवनका शासन करनेवाले इन्द्र आदि) को भी अपना ग्रास बना लेते—अपनेमें लीन कर लेते हैं। वे तुरीयके भी तुरीय हैं। (अतः परमात्माको ही जानने और पानेका प्रयत्न करना चाहिये) ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

परमात्माके चार पादोंकी ओंकारकी मात्राओंके साथ एकता; मन्त्रराज आनुष्टुभके द्वारा तुरीय परमात्माका ज्ञान

निश्चय ही उन 'तुरीय'नामसे प्रसिद्ध इन चार पादोंवाले परमात्माको ओङ्कारकी मात्राओं तथा समस्त ॐकारके साथ एकीभूत करे। अर्थात् ॐकारको परमात्मा तथा उसकी चार मात्राओंको परमात्माके चार पाद मानकर उसी रूपमें उनकी भावना करे। वे परमात्मा जाग्रत्कालमें स्वप्न और सुषुप्तिसे रहित हैं, स्वप्नकालमें जाग्रत् और सुषुप्तिसे रहित हैं, सुषुप्तिमें जाग्रत् तथा स्वप्नसे रहित हैं, और तुरीयावस्थामें जाग्रत्, स्वप्न एवं सुषुप्ति—तीनोंसे रहित हैं। प्रत्येक अवस्थामें पृथक्-पृथक् रहते हुए भी वे सभी अवस्थाओंसे संयुक्त हैं। कहीं भी उनका व्यभिचार (अभाव) नहीं है। इस प्रकार वे नित्य, अनन्त, सत्स्वरूप तथा एकरस हैं। नेत्रके द्रष्टा हैं, श्रोत्र-इन्द्रियके द्रष्टा हैं। ये दोनों भी उपलक्षणमात्र हैं; वे घ्राणेन्द्रिय, रसना और त्वचाके भी द्रष्टा हैं। वाक् आदि कर्मेन्द्रियोंके द्रष्टा, मनके द्रष्टा, बुद्धिके द्रष्टा, प्राणके द्रष्टा, तम अर्थात् अहङ्कारके द्रष्टा हैं; कहाँतक गिनायें, वे सबके द्रष्टा हैं। इसीलिये वे सबसे भिन्न और सबसे विलक्षण हैं। द्रष्टा दृश्यसे भिन्न होता ही है। 'द्रष्टा' कहनेसे कोई यह न समझ ले कि वे राग अथवा द्वेषपूर्वक इन सबको देखते हैं; नहीं-नहीं, वे साक्षी हैं—पक्षपातरहित हैं। वे नेत्रके साक्षी हैं, श्रवणेन्द्रियके साक्षी हैं; घ्राणेन्द्रिय, रसना और त्वचाके भी साक्षी हैं। वाक् आदि कर्मेन्द्रियोंके साक्षी, मनके साक्षी, बुद्धिके साक्षी, प्राणके साक्षी हैं; तमके साक्षी—नहीं-नहीं, सबके साक्षी हैं। इसीलिये वे निर्विकार हैं, महाचैतन्यस्वरूप—आत्माके भी आत्मा हैं। इन पुत्र-वित्तादि तथा नेत्र-श्रोत्रादि सबसे बढ़कर प्रियतम हैं और इस प्रकार आनन्दके घनीभूत विग्रह हैं। इस समस्त प्रपञ्चके पूर्वसे ही वे भलीभाँति प्रकाशित हो रहे हैं। अतः एकरस ही हैं। जरा आदि अवस्थाएँ अथवा विकार उनका स्पर्श भी नहीं कर सकते। और तो और, मृत्यु भी उनसे दूर रहती है। वे अमृत एवं अभय ब्रह्म ही हैं। फिर भी अपनी मायाशक्तिसे चार पादवाले बने हुए हैं।

जाग्रत्-अवस्था तथा उसके द्वारा उपलक्षित यह स्थूल जगत् जिनका स्थान (शरीर) है; जिनके स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षी—ये चार स्वरूप हैं; वे विश्वरूप वैश्वानर पूर्णतम परमात्माके प्रथम पाद हैं। और वैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती एवं परा, अथवा बीज, बिन्दु, नाद और शक्ति—इन चार रूपोंवाला अकार ॐकारकी पहली मात्रा है। यह अकार ही वैश्वानर है। क्योंकि यह अकार भी स्थूल (वैखरी), सूक्ष्म (मध्यमा), बीज (पश्यन्ती) और साक्षी (परा)—इन चार स्वरूपोंसे परिलक्षित होनेके कारण वैश्वानरकी भाँति चार रूपवाला ही है। इसके सिवा आप्ति (व्याप्ति) रूप गुणके होनेसे भी दोनोंमें समानता है—वैश्वानर जाग्रत्कालीन समस्त जगत्में व्यापक है तथा अकार भी वाणीमात्रमें व्यापक है। (श्रुति भी कहती है, 'अकारो वै सर्वा वाक्'—निस्संदेह अकार सम्पूर्ण वाणी है।) यही नहीं, बोलते समय सबसे पहले अकारका ही उच्चारण प्राप्त होता है—हृदयदेशसे ऊपरको उठी हुई वायु कण्ठमें पहले ध्वनित होती है; अतः प्रथम कण्ठस्थानीय अकारकी ही ध्वनि निकलती है। उधर सृष्टिकालमें सर्वप्रथम विराट्स्वरूप वैश्वानरकी ही उपलब्धि होती है; अतः

'प्राप्ति'रूप गुणकी दृष्टिसे भी दोनोंमें समानता है। इसी प्रकार आदिमान् होनेके कारण भी दोनोंमें समानता है—अकार सम्पूर्ण वर्णोंमें आदि (प्रथम) है और वैश्वानर भी विराट् रूपमें सबसे पहले प्रकट हुआ है। इन सब समानताओंके कारण तथा ऊपर बताये अनुसार स्थूलरूप, सूक्ष्मरूप, कारण-रूप और साक्षीरूप होनेसे भी दोनोंमें अभिन्नता है। जो इस प्रकार जानता है, वह अवश्य ही जगत्के सम्पूर्ण भोगोंको प्राप्त कर लेता है और सबका आदि (सबमें प्रधान) बन जाता है।

स्वप्नावस्था और उसके द्वारा उपलक्षित सूक्ष्म जगत् ही जिनका स्थान (शरीर) है तथा जो पूर्ववत् चार स्वरूपोंवाले हैं, वे पूर्णतम परमात्माके द्वितीय पादरूप तैजस हिरण्यगर्भ और ओंकारकी द्वितीय मात्राके रूपमें उपलब्ध होनेवाला पूर्ववत् चार रूपोंसे युक्त उकार—ये एक ही हैं। उकार ही तैजस है। उकारके जो स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी—ये चार रूप हैं, इनके द्वारा अवश्य ही उकार भी तैजस पुरुष-की भाँति चार स्वरूपोंवाला है। अतः इस समानताके कारण दोनों परस्पर अभिन्न हैं। इसके सिवा ओंकारकी दूसरी मात्रा जो उकार है, वह पहली मात्रा अकारकी अपेक्षा उत्कृष्ट (ऊपर उठा हुआ अथवा श्रेष्ठ) है तथा उभयरूप है—अ और मके बीचमें होनेके कारण दोनोंके साथ इसका घनिष्ठ सम्बन्ध है; अतः दोनोंके भावसे युक्त है। इसी प्रकार द्वितीय पादरूप तैजस हिरण्यगर्भ प्रथम पादस्वरूप वैश्वानरसे उत्कृष्ट है तथा वैश्वानर और प्राज्ञ दोनोंके मध्यवर्ती होनेसे वह उभय-सम्बन्धी भी है। अतः इस समानताके कारण भी उकार ही तैजस है। इतना ही नहीं; पूर्ववत् स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षीरूप होनेके कारण भी दोनों परस्पर समान और अभिन्न हैं। जो इस प्रकार जानता है, वह निश्चय ही ज्ञानकी परम्परा-को समुन्नत करता है तथा सबमें समान भाववाला होता है।

सुषुप्ति तथा उसके द्वारा उपलक्षित सम्पूर्ण जगत्की प्रलयावस्था ही जिसका स्थान है अर्थात् समष्टि कारणतत्त्वमें जिसकी स्थिति है; जो ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प—इन चार रूपोंवाला है, वह प्राज्ञ ईश्वर, जो परमात्माके तृतीय पादरूपमें बताया गया है, ॐकारकी तीसरी मात्राके रूपमें उपलब्ध होनेवाला पूर्वोक्त चार रूपोंसे युक्त मकार ही है। निश्चय ही यह मकार अपने स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी—इन स्वरूपोंसे चार रूपवाला है और प्राज्ञ भी चार रूपोंवाला है। अतः अत्यधिक समानताके कारण मकार ही प्राज्ञ है। इसके सिवा, मिति और अपीति अर्थात् माप करने और विलीन करनेके कारण भी मकार और प्राज्ञ परस्पर समानता रखते हैं। 'अ' और 'उ'के उच्चारणके बाद 'म'का उच्चारण होता है, अतः वे दोनों उसके द्वारा माप लिये जाते हैं; तथा 'ओम्' कहते समय 'म्'के उच्चारणके साथ मुख बंद हो जाता है, अतः 'अ' और 'उ' उसीमें विलीन हो जाते हैं। इसी प्रकार वैश्वानर और तैजस भी प्राज्ञद्वारा माप लिये जाते हैं; क्योंकि जाग्रत् और स्वप्नके अन्तमें सुषुप्ति-अवस्था आती है तथा सुषुप्तिमें जाग्रत् और स्वप्नका लय हो जाता है। अतः क्रमशः जाग्रत् और स्वप्नके अधिष्ठाता वैश्वानर और तैजस भी प्राज्ञमें विलीन हो जाते हैं। इन समानताओंके कारण तथा इसके अतिरिक्त पूर्ववत् स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षीरूप होनेसे भी दोनों परस्पर समान एवं अभिन्न हैं। जो इस प्रकार जानता है, वह अवश्य ही इस सम्पूर्ण कारण-जगत्को माप लेता अर्थात् भलीभाँति जान लेता है तथा सबको अपनेमें विलीन कर लेता है। प्रत्येक मात्राको प्रतिमात्राके रूपमें परिणत कर दे। 'अ', 'उ', 'म्'—ये मात्राएँ हैं। अकारका उकारमें लय होता है; उकार उसकी प्रतिमात्रा है और मकार उकारकी प्रतिमात्रा है। तथा मकारकी प्रतिमात्रा प्रणव है; क्योंकि प्रणवमें ही सबका लय होता है। अतः अकार आदि मात्राओंके अपनी-अपनी प्रतिमात्रामें लय होने-की भावना करे। (इसी प्रकार वैश्वानरके तैजस हिरण्यगर्भमें और उनके प्राज्ञ ईश्वरमें लय होनेकी भावना करनी चाहिये।)

इन वैश्वानर आदि तीन पादोंके अतिरिक्त जो परमात्माके चतुर्थ पादके रूपमें उपवर्णित तुरीय परमेश्वर हैं, वे कारणात्मा ईश्वरको भी अपना ग्रास बना लेते हैं—अपनेमें विलीन कर लेते हैं। वे स्वराट् हैं—अपनी ही शक्तिसे शक्तिमान् सम्राट् हैं; स्वयं ही सर्वसमर्थ ईश्वर हैं तथा अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित होनेवाले परमात्मा हैं। उनके भी चार स्वरूप हैं—ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प। अवश्य ही ये परमात्मा 'ओत' हैं—सर्वत्र व्यापक हैं; ठीक उसी तरह, जैसे संहार-कालमें कालाग्नि और सूर्य अपनी प्रचण्ड ज्वालाओं और प्रखर रश्मियोंसे इस सम्पूर्ण जगत्को बाहर-भीतरसे व्याप्त कर लेते हैं। ये परमात्मा अनुज्ञाता भी हैं। इस सम्पूर्ण जगत्के लिये अपने-आपको दे डालते हैं—सबको अपना स्वरूप ही बना लेते हैं; ठीक वैसे ही, जैसे सूर्यदेव अन्धकारको अपना स्वरूप बना लेते हैं, उसे अपने प्रकाशमें विलीन करके प्रकाशरूपता प्रदान करते हैं। इसी प्रकार ये परमात्मा अनुज्ञैकरस हैं—एकमात्र ज्ञानके रससे परिपूर्ण हैं, अज्ञानका नाश करके चिन्मय स्वरूपसे ही स्थित हैं; ठीक उसी तरह, जैसे जलानेयोग्य काष्ठ आदिको जलाकर अग्नि केवल तेजोमय

स्वरूपसे स्थित हो जाती है। साथ ही ये परमात्मा अविकल्प भी हैं—भेद और संशयसे रहित हैं; क्योंकि ये मन और वाणीके विषय नहीं हैं, चित्स्वरूप हैं। अतः ये चार रूपवाले ओंकार ही हैं। अवश्य ही यह ओंकार ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प—इन अपने ही स्वरूपोंसे चार रूपोंवाला है; अतः तुरीय पादकी भाँति यह ओंकार भी परमात्मा ही है। क्योंकि यह सब कुछ नाम-रूपमय ही है। अर्थात् नाम वाचक है और रूप वाच्य। यदि वाच्यके चार भेद हैं तो वाचकके भी हो सकते हैं; क्योंकि उनमें भेद नहीं है। अतः जैसे परमात्माके ओत आदि चार स्वरूप हैं, वैसे ही ओंकारके भी हैं। इसलिये तुरीय, चित्स्वरूप, ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्परूप होनेके कारण ओंकार और परमात्मा दोनों परस्पर अभिन्न हैं। जैसे वैश्वानर आदिका तुरीयमें लय होता है, उसी प्रकार ओत आदिका अविकल्पमें लय होता है; अतः यह सब कुछ अविकल्परूप ही है। उसमें किसी प्रकारका कोई भी भेद नहीं है।

चतुर्थ पादके विषयमें श्रुतिका यह उपदेश है—'मात्रारहित ओंकार अर्थात् परमात्माके नामात्मक ओंकारका मात्रारहित—बोलनेमें न आ सकनेवाला निराकार स्वरूप ही (मन-वाणीका अविषय होनेके कारण) व्यवहारमें न आ सकनेवाला, प्रपञ्चसे अतीत, कल्याणमय एवं अद्वितीय परमात्माका चतुर्थ पाद है। जो इस प्रकार जानता है, वह आत्मा ही आत्माके द्वारा परमात्मामें पूर्णतः प्रवेश कर जाता है। यह उपासक वीर होता है, संसारमें कहीं भी उसका पराभव नहीं होता।

(तुरीय परमात्माको जाननेके लिये उपर्युक्त रूपसे चिन्तन करना तो एक उपाय है ही; दूसरा भी उपाय है, उसे बताते हैं—) अथवा नृसिंहसम्बन्धी मन्त्रराज आनुष्टुभसे तुरीयको जाने। निश्चय ही यह परमात्माके स्वरूपको प्रकाशित कर देता है; क्योंकि यह सबका संहार करनेमें समर्थ (उग्र) है, परिभवको सहन न कर सकनेवाला (वीर) है, महान् प्रभु है, सर्वत्र व्यापक (विष्णु) है*। सदा उज्ज्वल—प्रकाशमय है, अविद्या और उसके कार्यसे रहित है, अपने आत्मीय जनोंका अज्ञानमय बन्धन दूर कर देता है, सर्वदा द्वैतसे शून्य है, आनन्दस्वरूप है, सबका अधिष्ठान और सन्मात्रस्वरूप है। अविद्या, तम और मोह (मल, आवरण और विक्षेप) को सर्वथा नष्ट कर डालनेवाला है तथा 'अहम्' (मैं) का एकमात्र लक्ष्यार्थ सबका आत्मा है।

इसलिये इस मन्त्रराजको तथा इसके वाच्यार्थरूप भगवान् नृसिंहको ही सबका आत्मा एवं परब्रह्म जानकर निरन्तर उनका चिन्तन करता रहे। इस प्रकार जानने तथा इसीके अनुसार उपासना करनेवाला यह पुरुष वीर एवं मनुष्योंमें सिंहरूप—श्रेष्ठ होता है।

---

* यहाँ 'सर्वसंहारसमर्थः'आदि पदोंद्वारा मन्त्रराज आनुष्टुभकी ही व्याख्या की गयी है। आरम्भसे लेकर 'प्रभुर्व्याप्तः' तक 'उग्रं वीरं महाविष्णुम्' इन तीन पदोंकी व्याख्या हो गयी है, जो स्पष्ट है। 'सदोज्ज्वलः' इस पदके द्वारा 'ज्वलन्तम्' पदकी व्याख्या हुई है। यह भी स्पष्ट ही है। 'अविद्याकार्यहीनः' इसके द्वारा 'सर्वतोमुखम्' का भाव व्यक्त किया गया है। 'सर्वतोमुखम्' पद ज्ञानस्वरूपताको लक्ष्य कराता है; अतः उसके द्वारा अविद्या एवं उसके कार्यका निराकरण होना उचित ही है। 'स्वात्मबन्धहरः' पदमें 'नृसिंहम्' पदका भाव है। 'नृसिंहम्' में दो पद हैं—'नृ' और 'सिंहम्'। गत्यर्थक 'नॄ' धातुसे 'नृ' शब्द बनता है; अतः 'नृ' का अर्थ है—ज्ञानस्वरूप तथा त्रिविध परिच्छेदशून्य आत्मा। 'सिंहम्' पदके दो भाग हैं—सिं+ हम्। 'षिञ् बन्धने' इस धातुसे 'सिं' बना है, अतः उसका अर्थ हुआ बन्धनकारक अज्ञान। 'हं' का अर्थ है—संहार करनेवाला। इस प्रकार 'नृसिंहम्' पदका अर्थ हुआ आत्माको बन्धनमें डालनेवाले अज्ञानका संहारक। इसी भावसे 'स्वात्मबन्धहरः' कहा गया है। 'भीषणम्' पदका अर्थ है डरानेवाला। डर या भय वहीं हैं, जहाँ द्वैत है। भगवान् नृसिंह और उनका मन्त्रराज द्वैतको भयभीत करनेवाला है, अतः उनके पास द्वैत या भ्रम फटकने नहीं पाता। इसी भावको ध्यानमें रखकर 'सर्वदा द्वैतरहितः' कहा गया है। 'सर्वाधिष्ठानसन्मात्रः' पदसे 'मृत्युमृत्युम्' पदका भाव व्यक्त किया गया है। मृत्युमें ही सबका लय होता है, अतः वही सबका अधिष्ठान है। भगवान् मृत्युके भी मृत्यु हैं, अतः वे तथा उनके मन्त्र ही सर्वाधिष्ठान हो सकते हैं। 'नमामि' का अर्थ इस प्रकार है—न=नहीं है, 'मा' का=प्रमात्मक ज्ञानस्वरूप परमानन्दमय तुरीय पदका, 'मि'=हिंसाकारक अविद्या, तम और मोह जिसमें, वह; इसीको लक्ष्यमें रखकर 'निरस्ताविद्यातमोमोहः' कहा गया है। कहा भी है—'मीति हिंसाकरं नात्र तमोऽज्ञानादिलक्षणम्।' 'अहम्' पदका तो स्पष्टतः उल्लेख हुआ ही है।

तृतीय खण्ड

अनुष्टुप् मन्त्रराजके पादोंके अलग-अलग जप तथा ध्यानकी विधि

निश्चय ही उस प्रणवकी जो पहली मात्रा अकार है, वह अनुष्टुप् मन्त्रराजके प्रथम पादके दोनों ओर लगायी जाती है*। इसी प्रकार प्रणवकी दूसरी मात्रा 'उ' अनुष्टुप्-मन्त्रके द्वितीय पादके आदि-अन्तमें लगती है (यथा—**उज्ज्वलन्तं सर्वतोमुखम् उम्**। इस द्वितीय पादरूप मन्त्रका जप करते हुए हिरण्यगर्भका ध्यान करना चाहिये)। इसी तरह प्रणवकी तीसरी मात्रा 'म' अनुष्टुप्-मन्त्रके तृतीय पादके आगे-पीछे लगती है (यथा—**मं नृसिंहं भीषणं भद्रम् मम्**। इसके जपके साथ-साथ प्राज्ञ ईश्वरका ध्यान होना चाहिये)। चौथी मात्रा ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्परूपा है; उसके द्वारा उक्त चार रूपोंवाले तुरीय पादका अनुसन्धान (ध्यान) करके अनुष्टुप्-मन्त्रके चतुर्थ पादसे भी उक्त तुरीय पादका ही चिन्तन करे। फिर पूर्वोक्त तुरीया (चौथी) मात्रासे तुरीय पादका अनुसन्धान करते हुए तुरीय-तुरीयस्वरूप जो परमात्मा हैं, उनके द्वारा निरन्तर ध्यानपूर्वक सम्पूर्ण जगत्को ग्रस ले अर्थात् सबको परमात्मामें ही विलीन कर दे†।

अवश्य ही उस प्रकरणप्राप्त प्रणवकी जो पहली मात्रा है, वह अकार है; वह पृथिवी है, वह ऋक्सम्बन्धी मन्त्रोंके साथ ऋग्वेद है। वह ब्रह्मा देवता है, वसु नामक देवताओंका गण है, गायत्री छन्द है, गार्हपत्य अग्नि है। इस प्रकार वह मात्रा विराट् पुरुष वैश्वानरका प्रतिपादन करनेवाली तथा परमात्माका प्रथम पाद है। केवल प्रथम पाद ही नहीं, सभी पादोंमें वह मात्रा रहती है; क्योंकि पहले बताये अनुसार उसके स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी—चार स्वरूप हैं। (अतः स्थूलरूपसे वह प्रथम पादमें, सूक्ष्मरूपसे द्वितीय पादमें, बीजरूपसे तृतीय पादमें और साक्षीरूपसे चतुर्थ पादमें रहती है।)

प्रणवकी दूसरी मात्रा उकार है; वह अन्तरिक्ष-लोक है। वह यजुः-मन्त्रोंके साथ यजुर्वेद है, विष्णु देवता है, रुद्र नामक देवताओंका गण है, त्रिष्टुप् छन्द है, दक्षिणाग्नि है। वह मात्रा तैजस हिरण्यगर्भका बोध करानेवाली तथा परमात्माका द्वितीय पाद है। द्वितीय पाद होते हुए भी वह सभी पादोंमें रहती है; क्योंकि उसके स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी—चार स्वरूप हैं।

प्रणवकी तीसरी मात्रा मकार है; वह द्युलोक है, वह साम-मन्त्रोंसहित सामवेद है, रुद्र देवता है, आदित्य नामक देवताओंका गण है, जगती छन्द है, आहवनीय अग्नि है। वह प्राज्ञ-ईश्वरका बोध करानेवाली तीसरी मात्रा परमात्माका तृतीय पाद है। साथ ही वह अन्य सभी पादोंमें भी रहती है; क्योंकि उसके स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी—ये चार स्वरूप हैं।

प्रणवके अन्तमें जो उसकी चौथी मात्रा—अर्धमात्रा है, वह ओंकार (बिन्दु) है; वह सोमलोक है, वह अथर्व-मन्त्रोंसहित अथर्ववेद है, संवर्तक-अग्नि देवता है, मरुत् नामक देवताओंका गण है, विराट् छन्द है, एक ऋषि अग्नि है। वह मात्रा बिन्दु आदि रूपसे तुरीय परमात्माका बोधक होनेसे भास्वती (प्रकाशमयी) मानी गयी है। वही पूर्णब्रह्म परमात्माका तथा मन्त्रराज अनुष्टुप्का भी चतुर्थ पाद है तथा वह अन्य सब पादोंमें भी है; क्योंकि उसके स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी—ये चार स्वरूप हैं।

---

* इस प्रकार जो मन्त्र बनता है, उसका उच्चारण करके वैश्वानर या विराट् पुरुषका ध्यान करना चाहिये। अकार और विराट् दोनोंको 'चतुरात्मा' बताया गया है; अतः यहाँ बीज, बिन्दु, नाद और शक्तिसे युक्त अकारको ही अनुष्टुप्-मन्त्रके प्रथम पादके आदि-अन्तमें लगाना चाहिये; यों करनेपर मन्त्रका उच्चारण इस प्रकार होगा—'अं उग्रं वीरं महाविष्णुम् अम्'।

† इस प्रसङ्गका भाव यह है कि 'अम्' इस चार रूपोंवाले अकारसे चार रूपोंवाले विराट् पुरुषकी एकताका अनुभव करके उसके द्वारा विराट्का ध्यान करे, फिर अनुष्टुप्-मन्त्रके प्रथम पादसे भी विराट्का ही सम्बन्ध मानकर उसके द्वारा भी उन्हींका स्पष्टरूपसे चिन्तन करे। फिर 'अम्' का उच्चारण कर अकाररूपमें ही विराट्का चिन्तन करके 'उम्' का उच्चारण करते हुए हिरण्यगर्भका ध्यान करे। तत्पश्चात् 'अ' को 'उ' में विलीन करते हुए भावनाद्वारा ही विराट्का हिरण्यगर्भमें लय करे। फिर अनुष्टुप्-मन्त्रके द्वितीय पाद तथा उकारसे भी हिरण्यगर्भकी ही भावना करते हुए मकारके द्वारा अव्याकृतका चिन्तन करके उसमें हिरण्यगर्भका लय करे। तदनन्तर अनुष्टुप्के तृतीय पाद और मकारसे भी अव्याकृतका ही चिन्तन करते हुए नादपर्यन्त उच्चारित ओत, अनुज्ञातृ आदि रूपवाले प्रणवद्वारा तत्स्वरूप तुरीयका चिन्तन करके उसीमें अव्याकृतका लय करे। फिर अनुष्टुप्के चतुर्थ पादसे भी तुरीयका ही चिन्तन करके पुनः बिन्दु, नाद आदिसे युक्त प्रणवद्वारा उन तुरीय-तुरीयस्वरूप परमात्माका ही चिन्तन करते हुए सबका उन्हींमें लय करके उनके स्वरूपमें स्थित हो जाय

इस प्रकार व्यष्टि और समष्टिकी (ओंकारकी एक-एक मात्रा और अनुष्टुप्-मन्त्रके एक-एक पाद और परमात्माके एक-एक पादकी) एकताका चिन्तन करके मात्राको प्रतिमात्राके रूपमें परिणत करे। अर्थात् अकार और विराट् पुरुषको उकार और हिरण्यगर्भमें लीन करे और उकार एवं हिरण्यगर्भको मकार एवं ईश्वरमें विलीन करे। फिर उसको भी अर्धमात्रा एवं तुरीयमें विलीन करके क्रमशः ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्पका चिन्तन तथा पूर्व-पूर्वका उत्तरोत्तरमें लय करते हुए अन्तमें सबको अविकल्परूप परमेश्वरमें ही लीन कर दे और निर्विशेष परमेश्वरका चिन्तन करते हुए उन्हींमें स्थित हो जाय।

अपनेको नित्य शुद्ध-बुद्ध, अमृतस्वरूप मानकर अपनी बुद्धिकी वृत्तियोंका परमात्मामें हवन करके अर्थात् अपने अन्तःकरणको परमात्मामें ही लगाकर बाहर-भीतरसे शुद्ध हो पवित्र देशमें पवित्र आसनपर सुखपूर्वक बैठे और (न्यास, शुद्धि, रक्षोघ्न-मन्त्रोंके पाठ, दिग्बन्धन, कवचपाठ, गणपति-स्मरण एवं रक्षा आदिके द्वारा) सब प्रकारके विघ्नोंका निवारण करके प्राणायामपूर्वक ध्यानमें इन परमात्माके तत्त्वका अनुभव करे। फिर परमात्मामें ही इस सम्पूर्ण प्रपञ्चकी स्थिति देखते हुए प्राणाग्निहोत्र[1] और प्रपञ्च-यागकी[2] रीतिसे प्राण और प्रपञ्चसे अपना सम्बन्ध हटा ले और सकल[3]स्वरूप, आधार[4]युक्त,

१. श्रीविद्यारण्य मुनिने इस प्रसङ्गकी टीकामें संक्षेपसे प्राणाग्निहोत्रकी रीति इस प्रकार कही है। 'ॐ ह्रीं' इस बीज मन्त्रका उच्चारण करते हुए चिदानन्दस्वरूप आराध्यदेवका ध्यान करे और फिर 'क्ष' से उल्टे चलकर 'अ' तककी वर्णमालाका (क्षं हं सं·····इत्यादि रूपसे) उच्चारण करते हुए उन्हींके स्वरूपभूत सर्वजगन्मय शरीरका (जो स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षीरूपसे चार प्रकारका है) चिन्तन करे और ऐसी भावना करे कि यह चतुर्विध शरीर सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मासे प्रकट हुआ है, अतः यह सच्चिदानन्दमय ही है। फिर 'सोऽहम्', 'हंसः' इन मन्त्रोंके जपद्वारा जीवात्मा और परमात्माकी परस्पर एकताकी भावना करे। इस प्रकार एकत्व-चिन्तनरूप अग्निमें ही 'स्वाहा' का उच्चारण करके उक्त चारों शरीरोंका होम (लय) कर दे।

२. प्रपञ्च-याग भी इसी प्रकार करना होता है। 'ॐ ह्रीं' इस मन्त्रका उच्चारण करके सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्माका चिन्तन करते हुए 'अ' से लेकर 'क्ष' तककी वर्णमालाको अनुलोम-क्रमसे (अं आं·····इत्यादिरूपसे) उच्चारण करे। फिर समस्त प्रपञ्चको सच्चिदानन्दमय परमेश्वरसे उत्पन्न हुआ देखकर उसके भी सच्चिदानन्दमय होनेकी भावना करे। तत्पश्चात् 'हंसः, सोऽहम्' इस प्रकार प्राणाग्निहोत्रकी अपेक्षा उल्टे क्रमसे जप तथा साथ-ही-साथ परमात्मा और जीवकी एकताका चिन्तन करते हुए उस चिन्तनमय अग्निमें 'स्वाहा' का उच्चारण करके समस्त प्रपञ्च होम दे—विलीन कर दे।

३. यह 'सकलः' का अर्थ है। इसके द्वारा सकलीकरण नामक न्यासकी ओर संकेत किया गया है। पहले इस उत्तरतापनीयके प्रथम खण्डमें बताये अनुसार इस आत्माको 'ॐ' इस नामके द्वारा प्रतिपादित होनेवाले ब्रह्मके साथ एकता करके तथा ब्रह्मकी आत्माके साथ ओंकारके वाच्यार्थरूपसे एकता करके, वह एकमात्र जरारहित, मृत्युरहित, अमृतस्वरूप, निर्भय, चिन्मय तत्त्व 'ॐ' है—इस प्रकार अनुभव करे। तत्पश्चात् उस परमात्मस्वरूप ओंकारमें स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीन शरीरोंवाले सम्पूर्ण दृश्य-प्रपञ्चका आरोप करके अर्थात् एक परमात्मा ही सत्य हैं, उन्हींमें इस स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण-जगत्की कल्पना हुई है—ऐसा विवेकद्वारा अनुभव करके यह निश्चय करे कि यह जगत् सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा ही है; क्योंकि तन्मय (परमात्ममय) होनेके कारण अवश्य यह तत्स्वरूप (परमात्मस्वरूप) ही है। और इस दृढ़ निश्चयके द्वारा इस जगत्को 'ॐ'के वाच्यार्थभूत परमात्मामें विलीन कर डाले। इसके बाद चतुर्विध शरीरकी सृष्टिके लिये निम्नाङ्कित प्रकारसे सकलीकरण करे। 'ओम्' का उच्चारण अनेक प्रकारसे होता है—एक तो केवल मकारपर्यन्त उच्चारण होता है, दूसरा बिन्दु-पर्यन्त, तीसरा नाद-पर्यन्त और चौथा शक्ति-पर्यन्त होता है। फिर उच्चारण बंद हो जानेपर उसकी 'शान्त' संज्ञा होती है। सकलीकरणकी क्रिया आरम्भ करते समय पहले 'ओम्' का उपर्युक्त रीतिसे शान्तपर्यन्त उच्चारण करके 'शान्त्यतीत-कलात्मने साक्षिणे नमः' इस मन्त्रसे व्यापक-न्यास करते हुए 'साक्षी' का चिन्तन करे। फिर शक्ति-पर्यन्त प्रणवका उच्चारण करके 'शान्तिकलाशक्तिपरावागात्मने सामान्यदेहाय नमः' इस मन्त्रसे व्यापक करते हुए अन्तर्मुख, सत्स्वरूप, ब्रह्मज्ञानरूप सामान्य देहका चिन्तन करे। फिर प्रणवका नादपर्यन्त उच्चारण करके 'विद्याकलानादपश्यन्तीवागात्मने कारणदेहाय नमः' इस मन्त्रसे व्यापक करते हुए प्रलय, सुषुप्ति एवं ईक्षणावस्थामें स्थित किञ्चित् बहिर्मुख सत्स्वरूप कारणदेहका चिन्तन करे। फिर प्रणवका बिन्दुपर्यन्त उच्चारण करके 'प्रतिष्ठाकला-बिन्दुमध्यमावागात्मने सूक्ष्मदेहाय नमः' इस मन्त्रसे व्यापक करते हुए सूक्ष्मभूत, अन्तःकरण, प्राण तथा इन्द्रियोंके संघातरूप सूक्ष्मशरीरका चिन्तन करे। फिर प्रणवका मकारपर्यन्त उच्चारण करके 'निवृत्तिकलाबीजवैखरीवागात्मने स्थूलशरीराय नमः' इस मन्त्रसे व्यापक करते हुए पञ्चीकृत भूत एवं उसके कार्यरूप स्थूलशरीरका चिन्तन करे।

४. यहाँ 'आधार' शब्द पीठ तथा उसके भी आधारभूत स्थान आदिका बोधक है। उपर्युक्त प्रकारसे उत्पन्न हुआ यह चतुर्विध

अमृतमय, चतुरात्मा, सर्वमय एवं चतुरात्मा होकर महान् पीठके ऊपर परिवारसहित इस प्रणवरूप परमात्माका, जो

चतुःसप्तात्मा, चतुरात्मा तथा मूलाधारस्थित अग्नि-मण्डलमें अग्निरूप हैं, सम्यक् प्रकारसे चिन्तन करे।

देह भगवान्‌का सपरिकर पीठ अर्थात् आसन तथा मूर्ति है—इस प्रकारकी भावना करनेके लिये 'आधार' शब्दके द्वारा परिकरसहित पीठन्यासकी तथा 'अमृतमय' कहकर मूर्तिन्यासकी सूचना दी गयी है। सच्चिदानन्द पूर्णात्मरूपिणी जो इच्छा, ज्ञान, क्रिया, स्वातन्त्र्य एवं सत्-स्वरूपिणी भगवान्‌की पराशक्ति है, वही मूर्ति है। इस अमृतमयी मूर्तिकी भावनासे परिपूर्ण होना ही 'अमृतमय' होना है। पीठ आदिकी कल्पनाका प्रकार यों बताया गया है—'ॐ चतुरशीतिकोटिप्राणिजात्यात्मने ब्रह्मवनाय नमः' इस मन्त्रसे व्यापक करते हुए केश, रोम आदिको एक 'वन' के रूपमें भावनाद्वारा देखे। 'ॐ पञ्चभूतनामरूपात्मकेभ्यः प्राकारेभ्यो नमः' इससे व्यापक करते हुए पञ्चीकृत पञ्चभूत एवं नाम-रूपात्मक सात धातुओंको सात प्राकारों (परकोटों) के रूपमें कल्पित करे। 'ॐ नवच्छिद्रात्मभ्यो नवद्वारेभ्यो नमः' इससे व्यापक करते हुए प्रत्येक प्राकार (घेरे) में नौ-नौ गोपुरों (द्वारों) के रूपमें शरीरके नौ छिद्रोंको ही मान ले। इस प्रकार स्थूलशरीरको स्थान मानकर सूक्ष्मशरीरको महाराजराजेश्वर आत्माका परिचारक माने। फिर निम्नाङ्कितरूपसे 'संवित्' को राजराजेश्वरद्वार, सकाम-निष्काम वृत्तियोंको द्वारदेवता, काम-वैराग्यको द्वारपाल, श्रोत्रादि ज्ञानेन्द्रियोंको राज-परिचारक, मनको राजदूत आदिके रूपमें मानकर 'ॐ संविद्रूपेभ्यो राजराजेश्वरद्वारेभ्यो नमः', 'सकामाकामवृत्तिभ्यो द्वारदेवताभ्यो नमः', 'कामवैराग्याभ्यां द्वारपालाभ्यां नमः', 'दिगन्याद्यात्मक-श्रोत्रादीन्द्रियरूपिभ्यो राजपरिचारकेभ्यो नमः', 'चन्द्रात्मकाय मनसे राजदूताय नमः', 'ब्रह्मरूपिण्यै सर्वकार्यनिश्चयकर्त्र्यै बुद्धये नमः', 'रुद्र-रूपाय सर्वकार्याभिमानकर्त्रेऽहंकाराय नमः', 'विष्णुरूपाय सर्वकार्यानुसंधानकर्त्रे चित्ताय नमः', 'सर्वेश्वररूपाय सर्वाधिकारिणे प्राणाय नमः'—इस प्रकार न्यास, जप अथवा भावना करके सूक्ष्मशरीरको भगवान्‌की सेवाका उपकरण बनाकर 'गुणत्रयात्मने प्रासादाय नमः' इस मन्त्रसे त्रिगुणमय प्रासाद (महल) की कल्पना करे। फिर बिन्दुपर्यन्त प्रणवका उच्चारण करके 'परमात्मासनाय नमः' इस मन्त्रसे उसका अपने हृदयके भीतर न्यास करे। साथ ही यह भावना करे कि यह भगवान्‌के विराजनेके लिये सुन्दर आसन है। तत्पश्चात् पहले बताये हुए किञ्चिद्बहिर्मुख सत्त्वरूप कारण-शरीरको गुणोंकी साम्यावस्थारूप पीठके रूपमें कल्पित करे। फिर शक्तिपर्यन्त प्रणवका उच्चारण करके 'परमात्ममूर्तये नमः' इस मन्त्रके द्वारा हृदयसे लेकर मस्तकपर्यन्त व्यापक न्यास करते हुए पूर्वोक्त सच्चिदानन्दरूप, अन्तर्मुख सामान्य-शरीरमय ब्रह्मको ही भगवान्‌की मूर्तिके रूपमें चिन्तन करे। वह मूर्ति ज्ञानपराशक्तिरूपा है। उसके चार हाथ हैं—जो शङ्ख, चक्र, गदा और ज्ञानकी मुद्रासे शोभा पा रहे हैं। सब प्रकारके अलङ्कार उसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। वह मूर्ति आत्मानन्दानुभवके समुद्रमें गोते लगा रही है।

१. अ, उ, म् तथा ॐ—ये क्रमशः स्थूल देह, सूक्ष्मदेह, कारणदेह तथा सामान्य देह हैं; इन चारोंका जो आत्मरूपसे चिन्तन करता है, वही चतुरात्मा है।

२. 'सर्वमयः' के 'सर्व' शब्दसे सर्वात्मक विराट् आदि चारों पादोंका प्रतिपादन होता है; इन सर्वात्मक पादोंका न्यास करनेसे साधक सर्वमय होता है। न्यासका क्रम इस प्रकार है—'ऐश्वर्यशक्त्यात्मने द्युलोकाय नमः' इससे दाहिने हाथकी अँगुलियोंद्वारा मस्तकका स्पर्श करे। इसी प्रकार 'ज्ञानशक्त्यात्मने सूर्याय नमः' इससे नेत्रका, 'संहारशक्त्यात्मनेऽग्नये नमः' इससे मुखका, 'क्रियाशक्त्यात्मने वायवे नमः' इससे नासिकाका, 'सर्वाश्रयशक्त्यात्मने आकाशाय नमः' इससे हृदयका, 'इच्छाशक्त्यात्मने प्रजापतये नमः' इससे गुह्यप्रदेश (उपस्थ एवं गुदा)-का तथा 'सर्वाधारशक्त्यात्मने पृथिव्यै नमः' इससे चरणोंका स्पर्श करे। यह सप्ताङ्गन्यास है। पादन्यासका ध्यान और मन्त्र आगे बतायेंगे। इसके बाद उन्नीस मुखोंमें भी न्यास किया जाता है। पाँच प्राण, पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार—ये उन्नीस मुख हैं। प्राण-न्यासके मन्त्र इस प्रकार हैं—'प्रणयनशक्त्यात्मने प्राणाय नमः', 'अपनयनशक्त्यात्मने अपानाय नमः', 'व्यानयनशक्त्यात्मने व्यानाय नमः', 'उन्नयनशक्त्यात्मने उदानाय नमः' तथा 'समनयनशक्त्यात्मने समानाय नमः'। इन्द्रियादिन्यासके मन्त्र इस प्रकार हैं—'अनुसन्धान-शक्त्यात्मने नमः', 'निश्चयशक्त्यात्मने नमः', 'अहङ्कारशक्त्यात्मने नमः', 'सङ्कल्पशक्त्यात्मने नमः', 'श्रवणशक्त्यात्मने नमः', 'स्पर्शनशक्त्यात्मने नमः', 'दर्शनशक्त्यात्मने नमः', 'रसनशक्त्यात्मने नमः', 'घ्राणशक्त्यात्मने नमः', 'वचनशक्त्यात्मने नमः', 'आदानशक्त्यात्मने नमः', 'गमनशक्त्यात्मने नमः', 'विसर्गशक्त्यात्मने नमः', 'आनन्दशक्त्यात्मने नमः'। इन मन्त्रोंद्वारा क्रमशः चित्त, बुद्धि, अहंकार, मन, श्रवण, त्वचा, नेत्र, रसना, नासिका, वाक्, हाथ, पैर, लिङ्ग और गुदा आदिमें उन-उनकी शक्तियोंके रूपमें भगवान्‌का ही निवास है—ऐसी भावना करे। इसके बाद निम्नाङ्कित पाँच मन्त्रोंको पढ़ते हुए व्यापकन्यासपूर्वक चार पादोंका ध्यान करे—

ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं जागरितस्थानाय स्थूलप्रज्ञाय सप्ताङ्गायैकोनविंशतिमुखाय स्थूलभुजे चतुरात्मने विश्वाय वैश्वानराय पृथिव्यृग्वेद-ब्रह्मवसुगायत्रीगार्हपत्याकारात्मने स्थूलसूक्ष्मबीजसाक्ष्यात्मने प्रथमपादाय नमः ॥ १ ॥

सप्तात्मा चतुरात्मा अकाररूप ब्रह्माका नाभिमें चिन्तन सप्तात्मा चतुरात्मा मकाररूप रुद्रका भ्रूमध्यमें, सप्तात्मा करे;* सप्तात्मा चतुरात्मा उकाररूप विष्णुका हृदयमें, चतुरात्मा चतुःसप्तात्मा एवं चतुरात्मा ॐकाररूप सर्वेश्वरका

ॐ ज्वलन्तं सर्वतोमुखं स्वप्नस्थानाय सूक्ष्मप्रज्ञाय सप्ताङ्गायैकोनविंशतिमुखाय सूक्ष्मभुजे चतुरात्मने तैजसाय हिरण्यगर्भायान्तरिक्षयजुर्वेदविष्णुरुद्रत्रिष्टुब्दक्षिणाग्न्युकारात्मने स्थूलसूक्ष्मबीजसाक्ष्यात्मने द्वितीयपादाय नमः ॥ २ ॥

ॐ नृसिंहं भीषणं भद्रं सुषुप्तस्थानायैकीभूताय प्रज्ञानघनायानन्दमयायात्मानन्दभुजे चेतोमुखाय चतुरात्मने प्रज्ञायेश्वराय द्युसामवेदरुद्रादित्यजगत्याहवनीयमकारात्मने स्थूलसूक्ष्मबीजसाक्ष्यात्मने तृतीयपादाय नमः ॥ ३ ॥

ॐ मृत्युमृत्युं नमाम्यहं सर्वेश्वराय सर्वशाय सर्वशक्तये सर्वान्तर्यामिणे सर्वात्मने सर्वयोनये सर्वप्रभवाय सर्वाप्ययाय सोमलोकाथर्ववेदसंवर्ताग्निमरुद्विराडेकर्ष्योङ्कारात्मने स्थूलसूक्ष्मबीजसाक्ष्यात्मने चतुर्थपादाय नमः ॥ ४ ॥

ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्। नान्तःप्रज्ञायाबहिष्प्रज्ञायानुभयप्रज्ञायाप्रज्ञायनाप्रज्ञायाप्रज्ञानघनायादृष्टायाव्यवहार्यायाग्राह्यायालक्षणायाचिन्त्यायाव्यपदेश्यायैकात्म्यप्रत्ययसारायामात्राय प्रपञ्चोपशमाय शिवाय शान्तायाद्वैताय सर्वसंहारसमर्थाय परिभवासहाय प्रभवे व्याप्ताय सदोज्ज्वलायाविद्याकार्यहोनाय स्वात्मबन्धहराय सर्वदा द्वैतरहितायानन्तरूपाय सर्वाधिष्ठानसन्मात्राय निरस्ताविद्यातमोमोहायाकृत्रिमाहंविमर्शायोङ्काराय तुरीयतुरीयाय नमः ॥ ५ ॥

इसके बाद पुनः प्रणवसे एक बार व्यापक करके निम्नाङ्कितरूपसे अङ्गन्यास करे—

ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं पृथिव्यृग्वेदब्रह्मवसुगायत्रीगार्हपत्याकारभूरग्न्यात्मने सर्वज्ञानशक्त्यात्मने हृदयाय नमः। ॐ ज्वलन्तं सर्वतोमुखमन्तरिक्षयजुर्वेदविष्णुरुद्रत्रिष्टुब्दक्षिणाग्न्युकारभुवःप्रजापत्यात्मने नित्यतृप्त्यैश्वर्यशक्त्यात्मने शिरसे स्वाहा। ॐ नृसिंहं भीषणं भद्रं द्युसामवेदरुद्रादित्यजगत्याहवनीयमकारस्वःसूर्यात्मनेऽनादिबोधशक्त्यात्मने शिखायै वषट्। ॐ मृत्युमृत्युं नमाम्यहं सोमलोकाथर्ववेदसंवर्ताग्निमरुद्विराडेकर्ष्योङ्कारभूर्भुवःस्वर्ब्रह्मात्मने स्वातन्त्र्यबलशक्त्यात्मने कवचाय हुम्। ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम् ओंकारभास्वत्यलुप्तवीर्यशक्त्यात्मने नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्। पृथिव्यकारऋग्वेदब्रह्मवसुगायत्रीगार्हपत्यान्तरिक्षोङ्कारयजुर्वेदविष्णुरुद्रत्रिष्टुब्दक्षिणाग्निद्युमकारसामवेदरुद्रादित्यजगत्याहवनीयसोमलोकोङ्काराथर्ववेदसंवर्ताग्निमरुद्विराडेकर्षिभास्वतीसत्यात्मनेऽनन्ततेजःशक्त्यात्मनेऽस्त्राय फट्।

३. चतुरात्मा होकर अर्थात् चतुर्मूर्तिरूपसे आत्माका ही पूजन करके, मूर्तिचतुष्टयमें व्यापक परमानन्दबोधके सिन्धु साक्षीका ध्यान करते हुए उन्हींमें मूर्ति-चतुष्टयके निमग्न होनेकी भावना करे। यही आत्मपूजा है।

४. महापीठ बहिर्मुख, सदात्मक तथा गुणबीजस्वरूप है। मूलाधारपर स्थित क्रमशः द्वात्रिंशद्-दल, अष्टदल एवं चतुर्दल कमल—इस प्रकार उस महापीठकी आकृति है।

५. पृथिव्यादि, अन्तरिक्षादि, द्युलोकादि और सोमलोकादि जो चतुर्विध अष्टक हैं, वे ही बत्तीस होकर बत्तीस दलोंमें स्थित हैं। अष्टदल कमलमें सत्, चित्, आनन्द, पूर्ण, आत्मा, अद्वैत, प्रकाश और विमर्श—इनकी स्थिति है; तथा चतुर्दल कमलमें ब्रह्मसर्वेश्वर, विष्णुसर्वेश्वर, रुद्रसर्वेश्वर तथा सर्वेश्वर-सर्वेश्वर—इन चारोंका अवस्थान है। ये ही सब मिलकर परिवार कहे गये हैं।

६. अकार, उकार, मकार तथा ओङ्कारसे सम्बद्ध पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक और सोमलोक हैं—इन चारोंके साथ वेद, देवता आदि सात-सातका समुदाय है; इसीको लक्ष्यमें रखकर 'चतुःसप्तात्मा' कहा गया है। यद्यपि ये आठ-आठ हैं, तथापि अकार आदिकी गणना न करनेसे सात-सात होते हैं।

७. समष्टि-व्यष्टिगत स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षी—इन चतुर्विध स्वरूपोंसे विशिष्ट होनेके कारण उन्हें चतुरात्मा बताया गया है।

८. अग्निका अर्थ यहाँ चिन्मय प्रकाश समझना चाहिये। 'अग्निरूप' कहनेसे यह ध्वनित होता है कि प्रणवके ध्यानमें हाथ-पैर आदिसे युक्त विग्रहकी कल्पना न करके प्रलयकालीन अग्नि एवं सूर्यके सदृश प्रकाशमय स्वरूपका ही चिन्तन करना चाहिये।

* लोक, वेद, देवता, गण, छन्द, अग्नि और व्याहृतिरूपसे तो अकार सप्तात्मा है और स्थूल, सूक्ष्म, बीज एवं साक्षीरूपसे चतुरात्मा है। यही बात उकार आदिके सम्बन्धमें भी है। 'सप्तात्मा' के साथ भी पूर्ववत् 'परिवारसहित' इस विशेषणका सम्बन्ध है। इसी

द्वादशान्तमें चिन्तन करे।* सप्तात्मा, चतुरात्मा, चतुःसप्तात्मा, चतुरात्मा एवं आनन्दामृतरूप ओङ्कारका षोडशान्तमें चिन्तन करे।† तदनन्तर इन सबका पूर्वोक्त आनन्दामृतद्वारा चार प्रकारसे अर्थात् देवता, गुरु, मन्त्र और आत्मारूपमें पूजन करके और ब्रह्माका ही, विष्णुका ही, रुद्रका ही, पृथक्-पृथक् इन तीनोंका ही और एक साथ भी इन तीनोंका ही तथा ज्योतिर्मय लिङ्गरूपमें ही देवता, गुरु, मन्त्र और आत्मारूपसे चार बार भलीभाँति नाना प्रकारकी भेंट-सामग्रियोंसे पूजन करे। फिर प्रणवके उच्चारणद्वारा उन लिङ्गोंका उपसंहार कर सबको एकीभूत करके अमृतका अभिषेक करे और उस सर्वदेवमय तेजको बढ़ाये।‡

उक्त सर्वदेवतामय तेजसे त्रिविध—स्थूल, सूक्ष्म एवं

प्रकार आगेके वाक्योंमें भी समझना चाहिये। यहाँ अष्टदल कमलमें अकारके सम्बन्धरूपसे बताये गये जो अकारसहित पृथ्वी आदि आठ हैं, वे मानो 'अनुष्टुप्-मन्त्र' के प्रथम पादके आठ अक्षररूप हैं; उन्हींमें स्थित साङ्गोपाङ्ग वेदोंका और चतुर्दल कमलमें स्थित ब्रह्मसवेंश्वर, ब्रह्मविष्णु, ब्रह्मरुद्र और ब्रह्मसर्वेश्वरका यहाँ परिवाररूपसे चिन्तन करना चाहिये। आठ दलोंके भीतर पूर्वादि दिशाओंके दलोंमें तो चारों वेदोंका चिन्तन करना चाहिये। और अग्निकोणमें व्याकरण आदि छः वेदाङ्गोंका, नैर्ऋत्यकोणमें मीमांसाका, वायव्यकोणमें न्यायका और ईशानकोणमें इतिहास, पुराण, आगम (तन्त्र), काव्य, नाटक आदिका चिन्तन करना चाहिये। इसी प्रकार चतुर्दल कमलके चार दलोंमेंसे पूर्वमें ब्रह्मसर्वेश्वर, दक्षिणमें ब्रह्मरुद्र, उत्तरमें ब्रह्मविष्णु और पश्चिममें ब्रह्मब्रह्माका चिन्तन करे। इसी प्रकार आगे भी चार मूर्तियोंकी स्थिति समझनी चाहिये। तात्पर्य यह कि प्रणवस्थ अकार जिनका स्वरूप है, ऐसे रजःप्रधान, चन्द्रमण्डलवर्ती ब्रह्मा अर्थात् ब्रह्मसर्वेश्वरका सरस्वती मूलप्रकृतिके सहित नाभिमें यानी तेजोमण्डलके मध्यभागमें—अष्टदल कमलके मध्यवर्ती चतुर्दल कमलकी कर्णिकामें ध्यान करे।

* इसी तरह उकारके सम्बन्धीरूपमें बताये हुए जो अन्तरिक्ष आदि सात हैं, उनकी दृष्टिसे सप्तात्मा और स्थूल आदि भेदसे चतुरात्मा उकार ही जिनका स्वरूप है, जो श्रीमूलप्रकृतिके साथ हैं, सत्त्वप्रधान हैं और सूर्यमण्डलके मध्यमें स्थित हैं, उन श्रीविष्णु-सर्वेश्वरका, हृदयके अष्टदल कमलमें ध्यान करे। उकारके सम्बन्धीरूपसे वर्णित अन्तरिक्ष आदि अष्टकरूप जो अनुष्टुप्-मन्त्रके द्वितीय पादके आठ अक्षर हैं, वे प्रत्येक दलमें स्थित हैं और उनके भीतर क्रमशः वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, श्रीराम, बलभद्र, श्रीकृष्ण और कल्कि—ये आठ परिवार हैं। उस अष्टदल कमलके मध्यगत चतुर्दल कमलकी मध्य-कर्णिकामें श्रीविष्णुसर्वेश्वरका ध्यान करना चाहिये। इसी प्रकार मकारसम्बन्धी जो द्युलोक आदि अष्टक हैं, वे ही मकारकी गणना न करनेसे सात होते हैं और उन्हींकी दृष्टिसे मकार सप्तात्मा है तथा पूर्ववत् स्थूल-सूक्ष्म आदि भेदसे वह चतुरात्मा है। तादृश मकारस्वरूप रुद्रसर्वेश्वरका भ्रूमध्यमें ध्यान करे। वे उमारूपा मूलप्रकृतिके साथ विराजमान हैं; उनमें तमोगुणकी प्रधानता है और वे अग्निमण्डलमें स्थित हैं। भ्रूमध्यगत अष्टदल कमलके आठ दलोंमें द्युलोकादिरूप अष्टक ही मानो अनुष्टुप्-मन्त्रके तृतीय पादके आठ अक्षररूपमें स्थित हैं और उनमें शर्व, भव, पशुपति, ईशान, भीम, महादेव, रुद्र एवं उग्र ही परिवाररूपमें विराजमान हैं। इस अष्टदलके भीतर चतुर्दल कमलकी मध्यकर्णिकामें मकारस्वरूप रुद्र-सर्वेश्वरका ध्यान करना चाहिये।

† मकारसम्बन्धी अर्धमात्राके सम्बन्धसे बतायी हुई जो सोमलोक आदि आठ वस्तुएँ हैं, उनमें मात्राकी गणना न होनेसे वे सात होते हैं; उनकी दृष्टिसे ओंकार सप्तात्मा है और पूर्ववत् स्थूल, सूक्ष्म आदि भेदसे चतुरात्मा है। इसके सिवा सम्पूर्ण ॐकारमें अ, उ, म् और अर्धमात्रा—ये चार मात्राएँ हैं; इनमें प्रत्येक मात्राके साथ एक-एक सप्तकका सम्बन्ध है। ओङ्कारमें वे सभी अन्तर्भूत हैं, अतः यह चतुःसप्तात्मा भी है। पहले अर्धमात्राकी दृष्टिसे स्थूलादि-भेदविशिष्ट ओङ्कारको चतुरात्मा कहा गया है; किंतु सम्पूर्ण ओङ्कार भी स्थूल-सूक्ष्म आदि चार भेदोंवाला है, अतः दुबारा उसके लिये 'चतुरात्मा' विशेषण दिया गया है। ऐसे तुरीय प्रणवरूप ओङ्कारका, जो गुणोंकी साम्यावस्थारूप उपाधिसे युक्त एवं शक्ति-मण्डलमें स्थित और मूल-प्रकृतिरूपा मायाके सहित है, द्वादशान्तमें अर्थात् बत्तीस दलोंवाले कमलमें चिन्तन करे। मूलाधारस्थ बत्तीस दलोंमें बताये हुए पूर्वोक्त देवता ही यहाँ परिवार हैं। बत्तीस दलवाले कमलके भीतर सद् आदि अष्टविध मूर्तियोंसे युक्त अष्टदल-कमल है तथा उसकी भी कर्णिकामें व्याप्त चतुर्दल कमलके भीतर ब्रह्मसवेंश्वर आदि चार मूर्तियाँ स्थित हैं; उसकी मध्यकर्णिकामें ॐकाररूप सवेंश्वरका ध्यान करना चाहिये। पूर्वोक्त गुणोंवाले ओङ्कारका ही, जो तुरीय तथा आनन्दामृत-स्वरूप है, षोडशान्तमें चिन्तन करे। अधोमुख द्वात्रिंशदल, अष्टदल एवं चतुर्दल कमलोंसे तथा उनमें बताये हुए पूर्वोक्त देवतारूप परिवारोंसे युक्त पीठको ही यहाँ षोडशान्त कहा गया है। यह आनन्दामृतरूप तुरीय गुणबीजरूप उपाधिसे युक्त एवं शक्ति-मण्डलमें स्थित है।

‡ यहाँ चतुर्मूर्तियोग, ब्रह्मयोग, विष्णुयोग, रुद्रयोग, भेदयोग, अभेदयोग और लिङ्गयोगका क्रमशः उल्लेख हुआ है। प्रणवका

कारणरूप शरीरको व्याप्त करके उनके अधिष्ठानभूत आत्माको सब ओरसे प्रकाशित करे अर्थात् सर्वव्यापक आत्माका तेजोमय स्वरूपमें चिन्तन करे। फिर उस तेजका—आत्म-चैतन्यरूप बलका निरोध करके उसके गुणोंसे अर्थात् स्थूलत्व, सूक्ष्मत्व, बीजत्व, साक्षित्व आदि पूर्वोक्त गुणोंसे वाच्य-वाचक (परमात्मा एवं ओङ्कार) की पूर्ववत् एकता करे। तदनन्तर महास्थूलको महासूक्ष्ममें और महासूक्ष्मको महाकारणमें विलीन करके अकार, उकार और मकार—इन मात्राओंसे (जो क्रमशः विराट्, हिरण्यगर्भ और ईश्वर-रूपा हैं) एकका दूसरीमें लय करते हुए सबका तुरीय ओङ्कार-में लय करे। फिर पूर्ववत् ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्पका चिन्तन करते हुए सबको अविकल्पमें लीन करके अविकल्परूप परमात्माका चिन्तन करे और उन्हींमें सबका उपसंहार कर दे।

उच्चारण करके अमृतका स्राव करे। अमृत-स्राव भावनाका विषय है। पूर्वोक्त ब्रह्मसवेंश्वर आदि चारों मूर्तियोंकी, नाना प्रकारकी भेंट-सामग्रियोंसे, चतुर्विध पूजा करके उन मूर्तियोंको तेजसे प्रकट हुई मानकर उनका तेजोमय चार लिङ्गरूपसे चिन्तन करे तथा मन्त्रराज नारसिंहसहित प्रणवका उच्चारण करके भावनाद्वारा उक्त चारों लिङ्गोंको एक रूपमें परिणत करके उसपर अमृतका स्राव करे—यह चतुर्मूर्तियोग है। 'ब्रह्माका ही' इस वाक्यांशके द्वारा ब्रह्मयोग सूचित किया गया है। जिस प्रकार चतुर्मूर्ति-योगमें चार स्थानोंमें चार मूर्तियोंका चिन्तन, पूजन, उन तेजोमयी मूर्तियोंका उपसंहार, एकीकरण और अमृतस्राव आदि विधि बतायी गयी है, उसी प्रकार इस ब्रह्मयोगमें केवल सरस्वतीरूप मूलप्रकृतिसहित सपरिवार ब्रह्मसवेंश्वरका ही चिन्तन और पूजन आदि करने चाहिये। 'विष्णुका ही' इस वाक्यांशसे विष्णुयोग सूचित किया गया है। पूर्वोक्त चारों मूर्तियोंकी जगह चारों स्थानोंमें विष्णुसवेंश्वरका ही मूल-प्रकृति श्री तथा परिवारसहित चिन्तन करके पूजन आदि करना विष्णुयोग है। 'रुद्रका ही' इस वाक्यांशसे रुद्रयोगकी सूचना दी गयी है। यहाँ भी चार मूर्तियोंकी जगह चारों स्थानोंमें उमारूपा मूलप्रकृति और पूर्वोक्त परिवारसहित श्रीरुद्रसवेंश्वरका ही ध्यान एवं पूजन आदि कर्तव्य है। 'विभक्त अर्थात् पृथक्-पृथक् रूपमें इन तीनोंका ही' इस वाक्यांशसे भेदयोग सूचित किया गया है। यहाँ चारों स्थानोंमें तीनों प्रकृतियों तथा त्रिविध परिवारोंसहित उक्त ब्रह्मसवेंश्वर आदि तीनों मूर्तियोंका ही चिन्तन और पूजन आदि करे। इस योगमें सर्वत्र द्वात्रिंशद्दल, अष्टदल और चतुर्दल कमलोंको पूर्वोक्त देवताओंसे विशिष्ट रूपमें ही चिन्तन करना चाहिये। इनमें ब्रह्मा पीतवर्ण और चार मुखोंवाले हैं। उनके चार भुजाएँ हैं और हाथोंमें क्रमशः स्रुक्-स्रुवा, अक्षमाला, दण्ड और कमण्डलु धारण किये हुए हैं। उनके साथ श्वेतवर्णा सरस्वती हैं, जिनके हाथोंमें अक्षमाला, पुस्तक, मुद्रा और कलश शोभा पाते हैं। भगवान् विष्णुका विग्रह विद्युत्के समान कान्तिमान् है; वे अपने चार हाथोंमें चक्र, शङ्ख, गदा और पद्म धारण किये हुए हैं। उनके साथ रक्तवर्णा लक्ष्मी हैं—जिनके हाथोंमें दो कमल, श्रीफल और अभयकी मुद्रा हैं। भगवान् शिवकी कान्ति श्वेत है। वे अपने चार हाथोंमें परशु, हरिण, शूल और कपाल धारण किये हुए हैं। उनके साथ श्यामवर्णा उमा हैं—जो पाश, अङ्कुश, अभय और वर धारण करती हैं। तीनों मूर्तियोंको एक ही पीठपर विराजमान समझना चाहिये। शक्तियोंको उनके अङ्कमें अथवा वाम ऊरुपर बैठी हुई ध्यानमें देखे। कमलके आठ दलोंमेंसे प्रत्येक दलमें वेदादि, वराहादि, शर्वादि तथा सद् आदि इन चतुर्विध अष्टावरणोंका चिन्तन करना चाहिये। 'एक रूपमें भी इनका ही' इस वाक्यांशके द्वारा अभेद-योगकी सूचना दी गयी है। ब्रह्मा आदि तीनोंको एक विग्रहमें ही देखकर अर्थात् इन्हें एकरूप ही मानकर चारों स्थानोंमें इनका चिन्तन और पूजन आदि करे। इनके साथ शक्तियोंकी अविभक्तरूप मूलप्रकृति माया और पूर्वोक्त परिवारोंका भी चिन्तन करना चाहिये। ब्रह्मा आदि तीनोंकी जहाँ एकता है, वही सवेंश्वर-विग्रह है; अतः यहाँ सवेंश्वर और मायाशक्तिका ही चिन्तन है। सवेंश्वरके तीन मुख और छः बाहु हैं। वे अपनी भुजाओंमें हरिण, परशु, शङ्ख, चक्र, अक्षमाला और दण्ड धारण किये हुए हैं। उनके श्रीविग्रहका वर्ण अनिर्देश्य है, वाणीद्वारा उसका कोई स्पष्ट निर्देश नहीं हो सकता। उनकी शक्तिभूता जो माया प्रकृति है, वह भी तीन मुख और छः भुजाओंवाली है। उसके हाथोंमें पाश, अङ्कुश, कमल, कमल-मुद्रा और पुस्तक हैं। उसकी कान्ति भी अनिर्देश्य है। 'लिङ्गरूपमें ही' इस वाक्यांशके द्वारा लिङ्गयोग सूचित किया गया है; शक्ति और परिवारसहित ब्रह्मा आदिका सर्वत्र ज्योतिर्मय लिङ्गरूपसे चिन्तन और पूजनादि करे, यही लिङ्ग-योग है। इन सबके पूजनकी विधि और मन्त्रोंका उल्लेख श्रीविद्यारण्यमुनिद्वारा विरचित दीपिका नामक व्याख्यामें विस्तारके साथ हुआ है। जिज्ञासु साधक वहींसे उनका संग्रह कर सकते हैं। यहाँ अधिक विस्तारके भयसे उल्लेख नहीं किया जा सका है।

चतुर्थ खण्ड

अपने आत्माका पहले तुरीय-तुरीयरूपसे और पीछे भगवान् नृसिंहके रूपमें ध्यान करके ब्रह्मके साथ अपने-आपको एकीभूत करनेकी विधि

पूर्वोक्त इस आत्मा एवं परब्रह्मरूप ओङ्कारको, जो ओतादि-रूपसे प्रसिद्ध तुरीय ओङ्कारके पूर्वभागमें साक्षीरूपसे प्रकाशमान है, मन्त्रराज अनुष्टुप्का 'नमामि' पदतक उच्चारण करके, उसके द्वारा नमस्कार करके प्रसन्न करे। प्रसन्न करके भावनाद्वारा संसारके उपसंहारकी शक्ति प्राप्त करे। फिर चार मात्राओंवाले ओङ्कारका उच्चारण करते हुए पहले बताये अनुसार विराट्, तैजस आदिका उत्तरोत्तरमें संहार करके अनुष्टुप्-मन्त्रके अवशिष्ट 'अहम्' पदका उच्चारण करते हुए अपने आत्माका तुरीय-तुरीयरूपसे ध्यान करे।

इसके अनन्तर इस आत्मा एवं परब्रह्मरूप ओङ्कारको ही, जो ओत-अनुज्ञातृ आदिरूपसे प्रसिद्ध तुरीय ओङ्कारके पूर्व-भागमें साक्षीरूपसे प्रकाशित हो रहा है तथा जो उग्र, वीर आदि ग्यारह पदोंके गुणोंसे युक्त एकादशात्मा नारसिंह-मन्त्रस्वरूप हैं, उन्हें नमस्कार करके ओङ्कारका उच्चारण करते हुए ओतादिका अनुज्ञातृ आदिमें लय करे। फिर तुरीय-तुरीयको उपलब्ध करके 'उग्रम्' आदि एक-एक पदसे उग्रत्व आदि गुणोंसे विशिष्टरूपमें भी उन्हींका चिन्तन करते हुए अपने आत्मारूपसे भगवान् नृसिंहका ध्यान करे।

तदनन्तर इस आत्मा एवं परब्रह्मरूप ओङ्कारका ही, जो ओत-अनुज्ञातृ आदिरूपसे प्रसिद्ध तुरीय ओंकारके अग्रभागमें साक्षीरूपसे प्रकाशित हो रहा है, प्रणवके द्वारा ही भलीभाँति चिन्तन करके अनुष्टुप्-मन्त्रके 'उग्रम्' से लेकर 'मृत्युमृत्युम्'तक नौ पदोंके साथ सत्, चित्, आनन्द, पूर्ण और आत्मा—इन ब्रह्मके पाँचों स्वरूपोंमेंसे प्रत्येकका सम्बन्ध होनेसे जो पञ्चविध नवात्मक स्वरूपवाले हैं, ऐसे सच्चिदानन्द-पूर्णात्मस्वरूप परमानन्दमय परब्रह्मका भलीभाँति ध्यान करे*। तत्पश्चात् अनुष्टुप्-मन्त्रके 'अहम्' इस पदके द्वारा अपनेको ग्रहण कर 'नमामि' इस पदके द्वारा नमस्कार करके ब्रह्मके साथ अपने आपको एकीभूत कर दे *।

अथवा केवल अनुष्टुप्-मन्त्रके द्वारा ही भगवान्की सर्वात्मता और सर्वरूपताका चिन्तन करे। ये भगवान् ही 'नृ' (आत्मा) हैं; ये ही सर्वत्र सर्वदा सबके आत्मा हैं। ये ही सिंह (बन्धननाशक) हैं। वे ही श्रुति-स्मृति आदिमें प्रसिद्ध परमेश्वर हैं। क्योंकि वे सर्वत्र सर्वदा सबके आत्म-रूपसे विराजमान होकर सबके अज्ञान आदिको अपना ग्रास बनाते हैं—सभीका अज्ञान दूर करके उन्हें अपना स्वरूप बना लेते हैं। अतः सबके आत्मा (नृ) तथा 'सि' बन्धनका 'ह' अर्थात् नाशक होनेके कारण ये ही एकमात्र नृसिंह हैं। ये ही तुरीय हैं। ये ही उग्र हैं। ये ही वीर हैं। ये ही महान् हैं। ये ही विष्णु हैं। ये ही ज्वलन् (सब ओरसे देदीप्यमान) हैं। ये ही सर्वतोमुख हैं। ये ही नृसिंह हैं। ये ही भीषण (वायु, सूर्य तथा मृत्युको भी भयभीत करनेवाले) हैं। ये ही भद्र (परम कल्याण एवं आनन्दके निकेतन) हैं तथा ये ही मृत्युके भी मृत्यु हैं। ये ही 'नमामि' (परिपूर्ण ज्ञानानन्द-स्वरूप आत्माको आच्छादित करनेवाले अज्ञानसे शून्य) हैं और ये ही 'अहम्' पदके एकमात्र आश्रय हैं। इस प्रकार पहले बतायी हुई उपासनासे तथा यहाँ अनुष्टुप-पाद-मिश्रित उपासनासे प्रणवमय परमात्माके ध्यानयोगमें आरूढ हो ब्रह्मस्वरूप ओङ्कारमें ही अनुष्टुप्-मन्त्रको अन्तर्भूत करके सब कुछ ओङ्कार ही है—इस प्रकार प्रणववाच्य परमात्माका चिन्तन करे।

इसी विषयमें दो मन्त्र हैं, जिनका अन्वय और अर्थ इस प्रकार है—**सिंहम्**=जो वस्तुतः समस्त बन्धनोंको काटने-वाला एवं अविचल होकर भी उपाधिवश या अविवेकके कारण चञ्चल-सा प्रतीत हो रहा है, ऐसे 'सिंह' नामसे कहे हुए आत्माको; **संस्तभ्य**=अपनी ही महिमामें स्थिर करके; **गुणर्धान्**=स्थूलत्व और स्थूलभोक्तृत्व आदि पूर्वोक्त गुणोंसे समृद्ध होकर जो वैश्वानर आदि स्वरूपको प्राप्त हो गये हैं, ऐसे; **स्वसुतान्**=स्व अर्थात् आत्माके ही स्थूल विश्व आदि पुत्रोंको (जो परमात्माके प्रथम आदि पाद हैं); **ऋषभस्य**=

---

* ध्यानके समय उच्चारणके योग्य वाक्य इस प्रकार होगा—ॐ उग्रं सच्चिदानन्दपूर्णप्रत्यक्सदात्मानं नृसिंहं परमात्मानं परं ब्रह्म चिन्तयामि। ॐ वीरं सच्चिदानन्दपूर्णप्रत्यक्सदात्मानं नृसिंहं परमात्मानं परं ब्रह्म चिन्तयामि। इसी प्रकार 'मृत्युमृत्युम्' पदतक नौ वाक्य होंगे। इसके बाद फिर इसी क्रमसे 'सदात्मानम्' की जगह 'चिदात्मानम्' कर दिया जायगा; उसके भी नौ वाक्य होंगे। फिर 'आनन्दात्मानम्' कर देनेसे उसके भी नौ वाक्य होंगे। इसी प्रकार 'पूर्णात्मानम्' और 'प्रत्यगात्मानम्' का भी क्रमशः सन्निवेश करनेमें ९-९ वाक्य और भी होंगे।

* नमस्कार-वाक्य भी इसी प्रकार ४५ हो सकते हैं। उदाहरणके लिये एक लिख दिया जाता है—'ॐ उग्रं सच्चिदानन्दपूर्ण-प्रत्यक्सदात्मानं (चिदात्मानं इत्यादि.) नृसिंहं परमात्मानं परं ब्रह्माहं नमामि।' ब्रह्मके साथ आत्माको एकीभूत करना भावनाद्वारा ही होता है।

वेदोंमें प्रधान प्रणवकी; **शृङ्गैः**=अकार आदि मात्राओंसे; **संयोज्य**=परस्पर समानताके कारण संयुक्त करके अर्थात् पहले बताये अनुसार ॐकारकी मात्राओं तथा परमात्माके प्रथम-द्वितीय आदि पादोंकी एकताका अनुभव करके; **हृत्वा**=स्थूलका सूक्ष्ममें और सूक्ष्मका कारणमें लय करते हुए इसी क्रमसे सबका तुरीयमें संहार करके; **वश्याम् (कृत्वा)**=वहाँ कारणरूपा मायाको पूर्वोक्त ओतंयोगके द्वारा अपने वशमें करके; **स्फुरन्तीम् (मत्वा)**=अनुज्ञातृ-योगके द्वारा 'आत्म-सत्ताके अधीन ही उसकी सत्ता और स्फूर्ति है' ऐसा अनुभव करके; **असतीम् (कृत्वा)**=अनुज्ञायोगके द्वारा उसकी पृथक् सत्ताका अभाव-सा करके; **निपीड्य**=उसे साक्षी चैतन्यमें निमग्न (विलीन) कर दे। यों करनेके पश्चात्; **सिंहेन संभक्ष्य**=अज्ञान आदिसे सर्वथा असम्पृक्त विशुद्ध बोधमय परमात्माके साक्षात्कारद्वारा उस मायाके आवरणको छिन्न-भिन्न करके अथवा मन्त्रराज नारसिंहके जपद्वारा तुरीय-तुरीय परमात्माका चिन्तन करते हुए भगवान् और उनके मन्त्रके प्रभावसे मायाका सर्वथा संहार करके; [**यः स्थितो भवति**=जो स्थित होता है;] **स एष वीरः**=वही यह उपासक वीर है—उसको कभी संसारसे पराभव नहीं प्राप्त होता।

शृङ्गप्रोतान्=प्रणवकी मात्राओंसे व्याप्त चतुःसप्तात्मा विराट् आदि तथा ब्रह्मसर्वेश्वर आदिको; **पदा स्पृष्ट्वा**=अनुष्टुप्-मन्त्रके प्रत्येक पादसे संयुक्त करके अर्थात् प्रणवकी मात्राओं तथा अनुष्टुप्के पादोंकी पूर्ववत् एकताका चिन्तन करके; **हृत्वा**=क्रमशः उनका पूर्वोक्त रीतिसे संहार करके; **ताम्**=उस कारणरूपा मायाको; (जिसने) **स्वयम् अग्रसन्**=स्वयं ग्रस लिया अर्थात् पूर्वोक्तरूपसे परमात्मतत्त्वके अनुभवसे मायाका सर्वथा संहार कर दिया; [**सः**=वह विद्वान् उपासक;] **नत्वा**=इसी खण्डमें बतायी हुई रीतिसे भगवान्-को नमस्कार करके; **च**=तथा; **बहुधा दृष्ट्वा**=मन्त्रराज नारसिंहके पदोंके अनुसार उग्र, वीर आदि बहुत-से रूपोंमें भगवान्का साक्षात्कार करके; **स्वयं नृसिंहः सन् उद्भवौ**=स्वयं नृसिंहस्वरूप होकर अथवा मनुष्योंमें श्रेष्ठ होकर उद्भासित होता है, अथवा उसके समक्ष स्वयं भगवान् नृसिंह तेजोमय स्वरूपसे प्रकट हो जाते हैं; **इति**=इस प्रकार ये मन्त्र हैं। इन दो मन्त्रोंमें प्रथमसे लेकर चतुर्थ खण्डतकके अभिप्रायका संक्षेपतः संग्रह हो गया है।

पञ्चम खण्ड

अनुष्टुप्-मन्त्रका ओंकारमें अन्तर्भाव करके उसीके द्वारा परमात्माके चिन्तनकी विधि

(पहले बताया गया है कि अनुष्टुप्-मन्त्रका ओङ्कारमें अन्तर्भाव करके उसीके द्वारा परमात्माका चिन्तन करे। अब प्रश्न होता है कि कैसे अनुष्टुप्का प्रणवमें अन्तर्भाव हो और किस प्रकार उसके द्वारा परमात्माका चिन्तन हो। इस जिज्ञासा-का समाधान करनेके लिये इस खण्डका आरम्भ हुआ है। 'अथ' शब्द प्रकरणके आरम्भका सूचक है।) ओङ्कारकी प्रथम मात्रारूप यह अकार आप्ततम (अतिशय व्यापक) अर्थवाला ही है। अतः यह आप्ततम (अतिशय व्यापक) अर्थवाले आत्मामें ही संगत होता है; सबके आत्मा भगवान् नृसिंहमें—नृसिंह नामसे प्रसिद्ध परब्रह्ममें ही यह गतार्थ होता है; क्योंकि यह अकार ही आप्ततम (अतिशय व्यापक) है। यही साक्षी है। यही ईश्वर है। अतः यह सर्वगत है—सर्वत्र व्यापक है; इससे भिन्नरूपमें यह सम्पूर्ण जगत् कोई अस्तित्व नहीं रखता; क्योंकि यही व्याप्ततम—अतिशय व्यापक है। यह सब जो कुछ दिखायी देता है, यह आत्मा ही है। जो यह आत्मा है, वही यह सब कुछ है। जो कुछ प्रतीत होता है, सब मायामात्र है। आत्मा या अकारसे भिन्नरूपमें इसकी सत्ता नहीं है। यह अकार ही उग्र है; क्योंकि यही व्याप्ततम—अतिशय व्यापक है। यह अकार ही वीर है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही महान् है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही विष्णु है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही ज्वलन् (सब ओर देदीप्यमान) है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही सर्वतोमुख है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही नृसिंह है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही भीषण है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही भद्र है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही मृत्युमृत्यु है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही 'नमामि' (आत्मतत्त्वका आच्छादन करनेवाले अज्ञानसे शून्य) है; क्योंकि यही व्याप्ततम है। यह अकार ही 'अहम्' है; क्योंकि यही व्याप्ततम है।

जो इस प्रकार जानता है, वह नित्यमुक्त आत्मा ही हो जाता है। वह नृसिंहस्वरूप ब्रह्म ही हो जाता है। वह कामनारहित होता है। उसके मनसे सब लौकिक कामनाएँ

निकल जाती हैं। उसे सम्पूर्ण कामनाओंका फल प्राप्त हो जाता है—उसके मनमें किसी भी वस्तुको पानेकी इच्छा शेष नहीं रहती। वह केवल आत्माकी ही कामना रखता है, अनात्माकी नहीं। मृत्युके पश्चात् उसके प्राण उत्क्रमण (कर्मफलभोगके लिये ऊपरके लोकोंमें गमन) नहीं करते; यहीं—आत्मामें ही एकीभावको प्राप्त हो जाते हैं। वह पहलेसे ब्रह्मस्वरूप होता हुआ ही पुनः ब्रह्मको ही प्राप्त होता है (केवल ब्रह्मसे भिन्न होनेका भ्रममात्र दूर होता है)।

यह ॐकारकी दूसरी मात्रा जो उकार है, वह उत्कृष्टतम (अतिशय श्रेष्ठ) अर्थवाला ही है। अतः यह अतिशय श्रेष्ठ अर्थवाले आत्मामें अर्थात् नृसिंहदेवस्वरूप परब्रह्ममें ही गतार्थ होता है। इसलिये यह उकार सत्यस्वरूप है। इससे भिन्न दूसरी कोई वस्तु सत्य नहीं है। असत् होनेके कारण वह सब अमेय है—उसमें मान-सम्बन्धकी योग्यताका अभाव है। वह अनात्मप्रकाश है—दूसरेसे प्रकाशित होनेवाली वस्तु है; उसमें स्वयं अपनेको प्रकाशित करनेकी क्षमता न होनेसे वह असत् है। यह उकारस्वरूप आत्मा स्वप्रकाश है—अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित होनेवाला है। ('मैं हूँ' इस तथ्यको हृदयङ्गम करनेके लिये अन्य प्रकाश या प्रमाणकी आवश्यकता नहीं होती; इसका अनुभव स्वतः होता है।) असङ्ग है; अतः अपने सिवा दूसरी किसी अनात्म वस्तुको नहीं देखता। इसीलिये इसे अन्य किसी नामसे ख्याति नहीं प्राप्त हुई; यह केवल सर्वोत्कृष्ट आत्ममात्र है। यह आत्मस्वरूप उकार ही अनुष्टुप्-मन्त्रका अङ्गभूत उग्र है—उसके उग्रत्व-गुणसे विभूषित है; क्योंकि यही उत्कृष्ट (सर्वश्रेष्ठ) है। यह उकार ही वीर है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही महान् है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही विष्णु है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही ज्वलन् (सब ओरसे देदीप्यमान) है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही सर्वतोमुख है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही नृसिंह है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही भीषण है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही भद्र है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही मृत्युमृत्यु है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही 'नमामि' है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। यह उकार ही 'अहम्' है; क्योंकि यही उत्कृष्ट है। इसलिये आत्माको ही उकारके रूपमें जाने।

जो इस प्रकार जानता है, वह आत्मा ही होता है—श्रीनृसिंहदेवस्वरूप ब्रह्म ही हो जाता है। वह कामनासे रहित होता है। उसके मनसे सब लौकिक कामनाएँ निकल जाती हैं। उसे सम्पूर्ण कामनाओंका फल प्राप्त हो जाता है—उसके मनमें किसी भी वस्तुको पानेकी इच्छा शेष नहीं रहती। वह केवल आत्माकी ही कामना रखता है, अनात्माकी नहीं। मृत्युके पश्चात् उसके प्राण उत्क्रमण नहीं करते (कर्मफलभोगके लिये ऊपरके लोकोंमें गमन नहीं करते), यहीं—आत्मामें ही एकीभावको प्राप्त हो जाते हैं। वह पहलेसे ब्रह्मस्वरूप होता हुआ ही पुनः ब्रह्मको प्राप्त होता है (केवल ब्रह्मसे भिन्न होनेका भ्रममात्र दूर होता है)।

ओङ्कारकी यह तीसरी मात्रा जो मकार है, वह महाविभूति (असीम ऐश्वर्य) के अर्थमें है। यह महान् ऐश्वर्यसे सम्पन्न आत्मामें—श्रीनृसिंहदेवस्वरूप ब्रह्ममें ही गतार्थ होता है। इसलिये यह मकाररूप आत्मा अनल्प (महान्) है, अभिन्न-रूप (अद्वितीय) है, स्वप्रकाश—अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित होनेवाला है तथा यह मकारस्वरूप आत्मा ब्रह्म ही है। यही अतिशय व्यापक और अतिशय श्रेष्ठ है। यह ब्रह्म ही सर्वज्ञ, महामायावी तथा महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही उग्र है; क्योंकि यही महाविभूति (परमैश्वर्य) से सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही वीर है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही महत् है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही विष्णु है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही ज्वलन् (सब ओरसे देदीप्यमान) है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकार-स्वरूप ब्रह्म ही सर्वतोमुख है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही नृसिंह है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही भीषण है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही भद्र है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही मृत्युमृत्यु है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही 'नमामि' है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है। यह मकारस्वरूप ब्रह्म ही 'अहम्' है; क्योंकि यही महाविभूतिसे सम्पन्न है।

इसलिये अकार और उकारके द्वारा इस अतिशय व्यापक, अतिशय उत्कृष्ट, चिन्मात्रस्वरूप, सर्वद्रष्टा, सर्वसाक्षी, सबको अपनेमें लीन करनेवाले, सबकी प्रीतिके एकमात्र आश्रय, केवल सच्चिदानन्दमय, एकरस आत्माका—जो इस सत्, चित् आदिके वाच्यभेदसे होनेवाली भेद-प्रतीतिके पूर्वसे ही सबके साक्षीरूपमें भलीभाँति प्रकाशित है—अनुसन्धान

(चिन्तन) करके मकारके द्वारा उसे अतिशय व्यापक, अतिशय उत्कृष्ट, चिन्मात्रस्वरूप, महामायायुक्त, महाविभूति-सम्पन्न केवल सच्चिदानन्दमय एकरस परब्रह्मरूपमें ही जाने। जो इस प्रकार जानता है, वह आत्मा ही होता है; वह श्रीनृसिंहदेव-स्वरूप परब्रह्म ही हो जाता है। वह कामनासे रहित होता है। उसके मनसे समस्त कामनाएँ निकल जाती हैं। उसे सम्पूर्ण कामनाओंका फल प्राप्त हो जाता है—उसके मनमें किसी भी वस्तुको पानेकी इच्छा शेष नहीं रहती। वह केवल आत्माकी कामना रखता है, अनात्माकी नहीं। उस विद्वान् उपासकके प्राण कर्मफलभोगके लिये ऊपरके लोकोंमें गमन नहीं करते, यहीं—आत्मामें ही एकीभावको प्राप्त हो जाते हैं। वह पहले ब्रह्मस्वरूप होता हुआ ही पुनः ब्रह्मको प्राप्त होता है (उसका ब्रह्मसे भिन्न होनेका भ्रममात्र दूर होता है)। इस प्रकार उन प्रसिद्ध प्रजापतिने देवताओंसे कहा।

षष्ठ खण्ड

अपने-आपको प्रणवके वाच्यार्थ परब्रह्ममें विलीन करनेकी विधि

(प्रजापतिके द्वारा पूर्वोक्त उपदेश सुननेके अनन्तर) उन देवताओंने परमात्मतत्त्वका अपरोक्ष अनुभव प्राप्त करनेकी इच्छा की (अतः तदनुकूल साधन—ध्यान आदिमें लग गये)। इसी समय पापात्मा असुर-भावने (विषयासक्ति, अविवेक और अभिमान आदिके रूपमें वहाँ आकर) उन प्रसिद्ध देवताओंको सब ओरसे ग्रस लिया—उन्हें ध्यानसे हटाकर विषयोंकी ओर प्रवृत्त कर दिया। (किंतु कुछ साधन कर लेनेसे उनका विवेक जाग्रत् हो चुका था; अतः) वे देवता सोचने लगे—"अहो ! इस पापात्मा असुर-भावको (जो हमारे पुरुषार्थ-साधनमें विघ्न डाल रहा है) हम ही क्यों न अपना ग्रास बना लें—परमात्म-चिन्तनमें लगकर इसे नष्ट क्यों न कर डालें। इस प्रकार विचार करके उन्होंने ओंकारके सम्मुख प्रकाशित होनेवाले इन्हीं तुरीय-तुरीय परमात्माको, जो उग्र भी हैं और अनुग्र (शान्त) भी, वीर भी हैं और अवीर भी, महान् भी हैं और अमहान् (लघु) भी, विष्णु (व्यापक) भी हैं और अविष्णु (अव्यापक) भी, 'ज्वलन्' (सब ओरसे प्रकाशमान) भी हैं और अज्वलन् (अप्रकाशमान) भी, सर्वतोमुख (सब ओर मुखोंवाले) भी हैं और असर्वतोमुख भी, नृसिंह (बन्धननाशक आत्मारूप) भी हैं और अनृसिंह भी; भीषण (भयानक) भी हैं और अभीषण (सौम्य) भी, भद्र भी हैं और अभद्र भी; मृत्युमृत्यु भी हैं और अमृत्यु-मृत्यु भी; 'नमामि' (अज्ञानशून्य) भी हैं और 'अनमामि' भी; 'अहम्' भी हैं और 'अनहम्' भी; उन्हें श्रीनृसिंहदेव-सम्बन्धी अनुष्टुप्-मन्त्रसे ही जान लिया। तब उनके ऊपर आक्रमणके लिये आया हुआ वह पूर्वोक्त पापात्मा असुर-भाव तुरीय-तुरीय परमात्माके चिन्तनके प्रभावसे स्वयं भी सच्चिदानन्दघन ज्योतिःस्वरूप हो गया। इसलिये जिसके अन्तःकरणका मल अथवा वासना-जाल परिपक्व होकर नष्ट-प्राय नहीं हो गया है, वह इन्हीं ओंकारके सम्मुख प्रकाशमान तुरीय-तुरीय परमात्माको श्रीनृसिंहदेवसम्बन्धी अनुष्टुप्-मन्त्रसे ही जान ले। इससे उसके अन्तःकरणमें प्रकट हुआ पापात्मा असुर-भाव सच्चिदानन्दघन ज्योतिःस्वरूप हो जाता है।

इस प्रकार कारणात्मक ज्योतिःस्वरूपताको प्राप्त हुए वे देवगण (अन्तःकरणके अत्यन्त शुद्ध हो जानेके कारण) उस ज्योतिसे भी ऊपर उठनेके इच्छुक हुए; क्योंकि द्वितीयसे वे भयको ही देख रहे थे। फिर तो उन्होंने ओंकारके सम्मुख प्रकाशित होनेवाले इन्हीं तुरीय-तुरीय परमात्माका श्रीनृसिंहदेवसम्बन्धी अनुष्टुप्-मन्त्रद्वारा अनुसन्धान करके प्रणवके द्वारा ही उनमें स्थिति प्राप्त की। उन्हें प्राप्त हुई वह कारणात्मक ज्योति इस सम्पूर्ण कार्य-कारणमय जगत्के पहलेसे ही भलीभाँति प्रकाशित, प्रतीतिके अविषय, अद्वितीय, अचिन्त्य, अलिङ्ग, स्वप्रकाश, आनन्दघन, विशेषशून्य परब्रह्मस्वरूप ही हो गयी। इस प्रकार जाननेवाला विद्वान् स्वप्रकाश परब्रह्म ही हो जाता है।

(इस प्रकार तुरीय-तुरीय परमात्मामें निष्ठाकी योग्यता प्राप्त हो जानेपर) वे देवता पुत्रैषणा (पुत्र-कामना), वित्तैषणा (धन-कामना) और लोकैषणा (लोकमें सम्मान, यश आदिकी कामना) से तथा उन्हें चरितार्थ करनेके साधनोंसे भी ऊपर उठकर—उन सबकी इच्छा और प्रयत्न-का सर्वथा त्याग करके, घरोंसे निकलकर अहंकाररहित एवं परिग्रहशून्य हो, शिखा और यज्ञोपवीतका भी त्याग करके—संन्यासी होकर अंधे, बहरे, भोले-भाले, नपुंसक, गूँगे और पागलोंकी भाँति इधर-उधर विचरते हुए, शम, दम, उपरति, तितिक्षा, समाधान (और श्रद्धा)—इन छः साधन-सम्पत्तियोंसे सम्पन्न होते हुए आत्मामें ही रमण, आत्मासे

ही क्रीडा, आत्मासे ही संयोग और आत्मामें ही आनन्दका अनुभव करते हुए तथा प्रणवको ही स्वप्रकाश, विशेषणशून्य, परब्रह्म जानते हुए उसीमें लीन हो गये। इसलिये देवताओंके व्रतका आचरण करते हुए प्रणवके वाच्यार्थभूत परब्रह्ममें विलीन हो जाय। इस प्रकार जानने और करनेवाला विद्वान् आत्मासे ही आत्माको परब्रह्मरूपमें देखता है। इस विषयमें यह श्लोक है—

शृङ्गेष्वशृङ्गं संयोज्य सिंहं शृङ्गेषु योजयेत्।
शृङ्गाभ्यां शृङ्गमाबद्ध्य त्रयो देवा उपासते॥

शृङ्गेषु=प्रणवकी अकार, उकार और मकार—इन मात्राओंमें; **अशृङ्गम् संयोज्य**=अवयवशून्य तुरीय परमात्माका संयोग करके अर्थात् परमात्माको ही ओंकारका वाच्यार्थ जानकर; **सिंहम्**=नृसिंहदेवतासम्बन्धी मन्त्रराज अनुष्टुप्को; **शृङ्गेषु योजयेत्**=प्रणवकी अकारादि मात्राओंमें नियुक्त करे अर्थात् मन्त्रराज अनुष्टुप्को प्रणवमें ही अन्तर्भूत करे। तत्पश्चात्; **शृङ्गाभ्याम्**=प्रणवकी दो मात्राओं—अकार-उकारद्वारा; **शृङ्गम्**=प्रणवकी एक मात्रा—मकारको; **आबद्ध्य**=बाँधकर अर्थात् मकारमें उनके लयकी भावना करते हुए तीनों मात्राओंकी एकताका बोध एवं चिन्तन करके; **त्रयो देवा उपासते**=तीनों देवता (उत्तम, मध्यम और अधम अधिकारी) ऊँची स्थिति प्राप्त कर लेते हैं (इस प्रकार इस श्लोकमें पाँचवें-छठे खण्डोंका सारांश आ गया है)।

सप्तम खण्ड

परमात्मा तथा आत्माकी एकताका अनुभव एवं चिन्तन करनेका प्रकार

कहते हैं, देवताओंने प्रजापतिसे कहा—'भगवन्! पुनः हमें ज्ञानोपदेश कीजिये।' यह सुनकर प्रजापति बोले—'तथास्तु।' फिर उन्होंने इस प्रकार उपदेश देना प्रारम्भ किया—आत्मा अज (जन्मरहित), अमर (मृत्युरहित), अजर (जरारहित), अमृतस्वरूप, अभय, अशोक (शोकहीन), अमोह (मोहशून्य), अनशनाय (भूखरहित), अपिपास (प्याससे रहित) तथा अद्वैत है। और अकार इन सभी विशेषण-शब्दोंका आदिभूत है; अतः अकारके द्वारा इस अजत्व आदि गुणोंसे विशिष्ट आत्माका अनुसन्धान (चिन्तन) करके*, फिर उदुत्कृष्ट[1] (अतिशय श्रेष्ठतम), उदुत्पादक (सबके स्रष्टा), उदुत्प्रवेष्टा (परमात्मारूपसे संसारकी सृष्टि करके जीवरूपसे प्रवेश करनेवाला), उदुत्थापयिता (नियन्तारूपसे सबको मर्यादामें स्थापित करनेवाला), उदुद्द्रष्टा (विष्णुरूपसे पालन करते समय सदा सबपर विशेषरूपसे दृष्टि रखनेवाला), उदुत्कर्ता (सर्वोत्कृष्ट कर्ता), उदुत्पथवारक (स्वयं बुद्धि, विवेक और सहारा देकर सबको सदा कुमार्गसे निवृत्त करनेवाला), उदुद्रासक (रुद्ररूपसे सबके परम संहारक), उदुद्धान्त (कारणरूपसे सर्वत्र व्यापक) तथा उदुत्तीर्णविकृति (साक्षीरूप होनेसे सब विकारोंके ऊपर उठे हुए) होनेके कारण उकारके द्वारा परम-सिंह[1] (परब्रह्म) का अनुसन्धान (चिन्तन) करे। (सारांश यह कि ब्रह्म उत्कृष्टत्व आदि गुणोंसे युक्त है, अतः ये 'उदुत्कृष्ट' आदि शब्द उन-उन गुणोंसे विभूषित ब्रह्मके वाचक हैं; तथा 'उदुत्कृष्ट' आदि सभी विशेषणोंका आदि अक्षर उकार है; अतः यह उकार भी तत्तच्छब्दस्वरूप ही है। इस प्रकार समानाधिकरणता होनेसे उकारके द्वारा परब्रह्मका चिन्तन करना चाहिये।) तत्पश्चात् अकारस्वरूप इस आत्माको उकारके पूर्वार्धभागस्वरूप ब्रह्मके प्रति आकृष्ट करे—आत्माकी ब्रह्मके साथ एकता करे, अर्थात् आत्माको ब्रह्मस्वरूप जाने। फिर उकारके उत्तरार्धभाग अर्थात् उत्तर मात्राद्वारा पूर्वोक्त ब्रह्मको ग्रहण करके मकारके अर्थभूत इस आत्माके साथ एकीभूत करे—ब्रह्म और आत्माको एक जाने। प्रणवकी तीसरी मात्रा मकारके द्वारा आत्माका ग्रहण इसलिये किया जाता है कि मकार और आत्मा दोनों ही महत् (सर्वव्यापी), महस् (चिन्मय तेजसे युक्त), मान (सर्वसाधक प्रमाणस्वरूप), मुक्त (सब प्रकारके बन्धन और परतन्त्रतासे

---

* आगे आनेवाले 'आत्मना एकीकुर्यात्' (आत्मासे एकाकार करे) इस वाक्यके साथ सम्बन्ध होनेपर वाक्य पूरा होता है। यहाँ आत्माके दस विशेषण दिये गये हैं। उनमें चारके द्वारा उसमें देहधर्मका निराकरण किया गया है। फिर तीनके द्वारा बुद्धि-धर्मका, दोके द्वारा प्राण-धर्मका और एकके द्वारा सामान्यतः सभी प्रकारके धर्मोंका निषेध किया गया है।

१. उत्कृष्टत्वधर्मादुत्कृष्टत्वे सति उत्कृष्टत्वम् उदुत्कृष्टत्वम्= उत्कर्षसूचक धर्ममात्रसे उत्कृष्टता रखकर जो उत्कृष्टत्व होता है, वही 'उदुत्कृष्टत्व' है। सब प्रकारके सांसारिक धर्मोंसे रहित होते हुए सर्वज्ञत्व आदि गुणोंसे विशिष्ट होना ही ब्रह्मकी उदुत्कृष्टता है।

१. बन्धनकारक अज्ञानका नाशक होनेसे 'सिंह' शब्द ब्रह्मका वाचक है।

सर्वथा शून्य), महादेव (परप्रकाशमय), महेश्वर (सर्व-नियन्ता), महासत्, महाचित्, महानन्द—अर्थात् असीम सच्चिदानन्दमय तथा महाप्रभु (संनिधि एवं सत्तामात्रसे सबके प्रवर्तक) रूप हैं। आत्मा महत्त्वादि गुणोंसे विशिष्ट है और मकार 'महत्' आदि शब्दोंका आदि होनेके कारण तत्तत्स्वरूप है। जो यों जानता है, वह शरीररहित, इन्द्रिय-रहित, प्राणरहित, तम (मोह एवं अज्ञान) से रहित तथा शुद्ध सच्चिदानन्दस्वरूप स्वराट् (स्वयम्प्रकाश ब्रह्म) हो जाता है।

जब कोई किसीसे पूछता है कि 'तुम कौन हो ?' तब वह 'अहम्' (मैं हूँ) ऐसा उत्तर देता है। इसी प्रकार यह समस्त प्राणिसमुदाय 'अहम्' कहकर ही अपनेको सूचित करता है। अतः 'अहम्' यह सबका वाचक है। इस 'अहम्'का आदि अक्षर यह प्रणवकी प्रथम मात्रारूप अकार है। अतः यह अकार भी सबका वाचक होनेसे सर्वरूप है; वह पूर्वोक्त प्रकारसे जाननेवाला विद्वान् वही (सर्वस्वरूप ही) हो जाता है। सम्पूर्ण जगत् यह आत्मा ही है; क्योंकि यह सबका अन्तरात्मा है। यह सम्पूर्ण जगत् बिना आत्माके नहीं रह सकता। अतः आत्मा ही यह सब कुछ है। अतः सर्वात्मक अकारके साथ सर्वात्मक आत्माका अनुसंधान (चिन्तन) करे। सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म ही यह सब जगत् है। यह सब कुछ सच्चिदानन्दस्वरूप है।

निश्चय ही यह सब कुछ सत्स्वरूप है; क्योंकि 'तत् सत् (वह है)' ऐसी प्रतीति सबको होती है। निश्चय ही यह सब कुछ चित् (चिन्मय) है; 'घट प्रकाशित होता है, पट प्रकाशित होता है' इत्यादि रूपमें सब कुछ प्रकाशस्वरूप (चिन्मय) ही प्रतीत होता है। देवताओ ! क्या तुमने समझ लिया कि 'सत्' क्या है ? (देवता बोले—) यह-यह सत् है अर्थात् 'इदम्' रूपसे प्रतीत होनेवाली घट-पट आदि सभी वस्तुएँ सत् हैं। (प्रजापतिने कहा—) नहीं। 'इदम्' रूपसे प्रतीत होनेवाला सम्पूर्ण जगत् ही असत् (नाशवान्) है; अतः वह सत् नहीं है। 'अनुभूति' ही सत् है। यदि पूछो कि 'यह अनुभूति क्या है ?' तो सुनो। 'इयम्-इयम्' (यह-यह अनुभूति है) यों कहनेसे अनुभूतिका ज्ञान नहीं होता। अनुभूति वाणीका विषय नहीं है, इसलिये प्रजापतिने बिना कुछ कहे ही स्वयं अनुभव करते हुए देवताओंको उसका स्वरूप बताया, स्वतःसिद्ध स्वरूप ही अनुभूति है—यह बात देवताओंको समझायी। इसी प्रकार 'चित्' और 'आनन्द'-को भी बिना कुछ कहे ही स्वयं अनुभव करते हुए प्रजापतिने देवताओंसे बताया। तात्पर्य यह कि स्वतःसिद्ध स्वरूप शुद्ध-बुद्ध आत्मा ही चित् और आनन्द है, 'इदम्' रूपसे प्रतीत होनेवाला प्राकृत दृश्य प्रपञ्च नहीं। इसी प्रकार ब्रह्मके अन्य सब लक्षण भी स्वतःसिद्ध आत्मस्वरूपके ही बोधक हैं। उनका वाणीद्वारा प्रकाशन नहीं हो सकता, वे सब अनुभवैक-गम्य हैं; परंतु केवल मौन हो जानेसे देवता ब्रह्मका स्वरूप अच्छी तरह समझ न सके, इसलिये प्रजापति 'आनन्द' शब्द-के द्वारा ब्रह्मके स्वरूपका (लक्षणसे) परिचय कराते हैं—वह ब्रह्म परम आनन्द है। उस ब्रह्मका नाम है—'ब्रह्म'। इस 'ब्रह्म' शब्दमें अन्तिम अक्षर मकार है; अतः यह भी ब्रह्म शब्दस्वरूप ही है। इसलिये मकारके द्वारा परम ब्रह्मका अनुसंधान (चिन्तन) करे।

जब कोई किसीसे पूछता है कि 'क्या यह बात ऐसी ही है ?' तब वह मनुष्य, यदि उसको पूछे हुए विषयमें संशय नहीं रहता, तो 'उ' (हाँ, ऐसी ही है) इस प्रकार दृढ़तापूर्वक उत्तर देता है। अतः 'उ' अवधारणार्थक (दृढ़ निश्चयका सूचक) है। इसलिये अ, उ, म्—इन तीन मात्राओंमेंसे अकारके द्वारा इस आत्माका अनुसन्धान (ग्रहण) करके मकारस्वरूप ब्रह्मके साथ उसकी एकता करे और उकारके द्वारा इस एकताके विषयमें निस्संदेह होकर अपना निश्चय प्रकट करे। अर्थात् अ (आत्मा) उ (निश्चय ही) म् (ब्रह्म है) इस प्रकार निश्चित रूपसे जान ले। जो इस प्रकार जानता है, वह शरीररहित, इन्द्रियरहित, प्राणरहित एवं अज्ञानरहित, केवल सच्चिदानन्दमय स्वप्रकाश आत्मा हो जाता है।

'निश्चय ही यह सब कुछ ब्रह्म है; क्योंकि वह अत्ता (कारणरूपसे सबका संहर्ता), उग्र (संहारशक्तिसे विशिष्ट), वीर (पराभवको सहन न करनेवाला), महान्, विष्णु (व्यापक), ज्वलत् (सब ओरसे प्रकाशमान), सर्वतोमुख (सर्वव्यापी), नृसिंह (बन्धननाशक परमात्मा), भीषण (काल, वायु और सूर्य आदिको भी भयभीत करनेवाला), भद्र (परम कल्याणमय), मृत्युका भी मृत्यु, नमामि (अज्ञानशून्य) और 'अहम्' ('अहम्' इस नामका परम आश्रय) है।

निश्चय ही यह ब्रह्म सतत—देश, काल और वस्तुकी सीमासे रहित है; क्योंकि वह उग्र, वीर, महत्, विष्णु, ज्वलत्, सर्वतोमुख, नृसिंह, भीषण, भद्र, मृत्युमृत्यु, नमामि

तथा अहम् है ।* इसलिये प्रणवस्थ अकारके द्वारा परम ब्रह्मका अनुसन्धान (चिन्तन) करके मकारके द्वारा मन आदिके रक्षक तथा मन आदिके साक्षी आत्माका अन्वेषण (चिन्तन) करे । वह साक्षी आत्मा जब सुषुप्ति-अवस्थामें इस कार्य-कारणमय सम्पूर्ण जगत्‌की उपेक्षा—इसके प्रति अहंता और ममताके भावका त्याग कर देता है, तब यह सब इस ब्रह्मस्वरूप आत्मामें प्रवेश कर जाता—लीन हो जाता है; इससे पृथक् जगत्‌की सत्ता नहीं रहती । और जब यह जागता है, तब यह सब जगत् फिर इसीसे प्रकट हो जाता है । यह आत्मा अपनेसे ही प्रकट हुए इस सम्पूर्ण प्रपञ्चको कुछ काल-तक अपनेमें ही स्थापित करके रखता है । फिर अपनेमें ही इसका संहार करके इसको सब ओर व्याप्त कर लेता है । तत्पश्चात् इसे चिन्मय प्रकाशस्वरूपमें परिणत करके अपनेमें ही लीन कर लेता है । इस प्रकार इन समस्त पदार्थोंको ही यह आत्मस्वरूपता प्रदान करता है । (यह सब करनेकी इसमें पूर्ण शक्ति है; क्योंकि) यह अति-उग्र, अतिवीर, अति-महान्, अतिविष्णु (अतिशय व्यापक), अतिज्वलन् (अत्यन्त प्रकाशमय), अतिसर्वतोमुख, अतिनृसिंह, अति-भीषण, अतिभद्र, अतिमृत्युमृत्यु, अतिनमामि (अज्ञानसे अत्यन्त दूर) और अति-अहम् ('अहम्' पदका अन्तिम लक्ष्य) होकर सदा अपनी महिमामें ही स्थित रहता है । इसलिये इस आत्माको अकारके अर्थभूत परब्रह्मके साथ एकीभूत करे और उकारके द्वारा इस एकताके प्रति संदेह-रहित हो जाय । (फिर उस ब्रह्मका मकारके अर्थभूत आत्माके साथ भी एकताका अनुभव और चिन्तन करे ।) जो इस प्रकार जानता है, वह शरीररहित, इन्द्रियरहित, प्राणरहित तथा अज्ञानरहित केवल सच्चिदानन्दमय स्वयंप्रकाश परमात्म-स्वरूप हो जाता है । इस विषयमें यह श्लोक है—

शङ्कं शङ्कार्धमाकृष्य शङ्केणानेन योजयेत् ।
शङ्कमेनं परे शङ्के तमनेनापि योजयेत् ॥

(इस श्लोकमें इस खण्डके भीतर कही हुई सभी बातें सारूपसे आ गयी हैं ।)

शङ्कम्=प्रणवकी प्रथममात्रा अकारके अर्थभूत आत्माको; **शङ्कार्धम् आकृष्य**=द्वितीय मात्रा उकारके पूर्वार्ध—ब्रह्मके प्रति आकृष्ट करके अर्थात् आत्मा और ब्रह्मकी एकताका अनुभव करके; **अनेन शङ्केन योजयेत्**=फिर मकारके अर्थभूत इस आत्माके साथ उकारके उत्तरार्धस्वरूप ब्रह्मको भी संयुक्त करे, अर्थात् ब्रह्मकी आत्माके साथ एकताका चिन्तन करे; **एनम् शङ्कम्**= 'अहं' शब्दके आदिभूत प्रणवस्थ अकारके अर्थरूप आत्माको; **परे शङ्के**=ब्रह्मशब्दके अन्तिम अक्षर मकारसे अभिन्न जो प्रणवस्थ मकार है, उसके अर्थभूत ब्रह्मके साथ (उकारद्वारा एकीभूत करे); **तम्**=उस अन्तिममात्रारूप परमात्माको, जो प्रणवके अकारद्वारा प्रतिपाद्य है; **अनेन अपि योजयेत्**=इस मन आदिके रक्षक एवं साक्षी प्रणवस्थ मकारके अर्थभूत आत्माके साथ संयुक्त करे, अर्थात् परमात्मा और आत्माकी एकताका अनुभव एवं चिन्तन करे ।

अष्टम खण्ड

भयरहित ब्रह्मरूप हो जानेकी विधि

पिछले खण्डोंमें प्रणवकी विभक्त (पृथक्-पृथक् की हुई) मात्राओंद्वारा आत्मा एवं परमात्माका प्रतिपादन किया गया । अब तुरीयस्वरूप अविभक्त प्रणवके द्वारा 'ओत', 'अनुज्ञातृ', 'अनुज्ञा' और 'अविकल्प' रूपसे आत्मतत्त्वके बोधका प्रकार बतलाया जाता है । यह प्रसिद्ध है कि यह ब्रह्मस्वरूप† आत्मा सर्वत्र ओत और प्रोत है (सामान्यतः सत्‌रूपसे सबमें 'ओत' और चिदानन्दस्वरूपसे सबमें 'प्रोत' है । ओत-प्रोतका अर्थ है—पूर्णतः व्यापक) । इस ब्रह्ममय आत्मामें सम्पूर्ण जगत् है; क्योंकि यह सबका आत्मा है । इसीलिये यह सर्वस्वरूप है । (अतएव व्याप्य-व्यापकभाव भी नहीं बन सकता । जब कोई व्याप्य हो, तभी उसमें व्यापक रह सकता है । जब सब कुछ आत्मा ही है, तब व्याप्य कहाँसे आया । इसीलिये श्रुति कहती है—) वास्तवमें आत्मा ओत (व्यापक) नहीं है । निश्चय ही यह आत्मा अद्वितीय है । (अद्वितीय होनेके कारण ही इसे 'ओत' अर्थात् व्यापक भी कहा गया है ।) आत्मा एकमात्र ही है । इसीलिये इसे 'अद्वय' कहा गया है । (अद्वितीयता भी व्यवहारमात्र ही है और समस्त व्यवहार कल्पित हैं; किंतु आत्मा इन कल्पनाओंसे रहित है । अतः) यह अविकल्प है—निर्विशेष है । कोई भी वस्तु, जो आत्मासे भिन्न है, सत् नहीं है । अतएव यह आत्मा 'ओत' अर्थात्

* यहाँ भी उग्र आदि पदोंका भाव वैसा ही है, जैसा ऊपर बताया गया है ।

† सिंहका अर्थ है—ब्रह्मस्वरूप । 'सिं' अर्थात् बन्धनकारक अज्ञानको 'ह' अर्थात् नष्ट करनेवाला ज्ञानस्वरूप ब्रह्म ।

व्यापकके तुल्य है—व्याप्यकी सत्ता न होनेके कारण यह आत्मा वस्तुतः व्यापक न होकर व्यापकके सदृश है। यह आत्मा 'सद्घनस्वरूप' है (घट-सत्ता पट-सत्ता आदि रूपसे जो सत्के भेद प्रतीत होते हैं, वे वास्तविक नहीं, औपाधिक हैं। घट-पटादि वस्तुओंमें भेद है, सत्तामें नहीं)। इसी प्रकार यह आत्मा चिद्घन और आनन्दघन भी है। (सत्-चित् और आनन्द—इन तीन नामोंसे प्रतिपादित होकर भी) यह वास्तवमें एकरस है। यह किसी भी एक शब्द या एक नामके द्वारा व्यवहारमें नहीं लाया जा सकता; क्योंकि आत्मा एकमात्र—अद्वितीय है। (इसके समान दूसरी कोई वस्तु है ही नहीं, जिससे इसकी तुलना हो सके। अतएव यह वाणीका विषय नहीं है।)

(इस प्रकार आत्माको सर्वत्र ओत-प्रोत बतलाकर अब ॐकारकी सर्वव्यापकता बतलाते हैं—) यह ओङ्कार ओत और प्रोत (व्यापक) है; क्योंकि जब कोई किसी मनुष्यसे पूछता है कि 'क्या यह बात ऐसी ही है ? क्या यह बात ऐसी नहीं है ?' तो उसके उत्तरमें वह ओम् (हाँ) का ही उच्चारण करता है। (अतः सबका वाचक होनेके कारण ओङ्कार सर्वत्र व्यापक है।) निश्चय ही वाणीमात्र ॐकार है। यह सब कुछ वाणीमात्र ही है। इस जगत्में कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है, जो बिना शब्दके—बिना नामके हो *। निश्चय ही यह ॐकार चिन्मय है (चित्का अर्थ है चेतना—बोध; ॐकार परमात्माका बोधक है, अतएव चिन्मय है)। यह सब जो कुछ प्रतीत होता है, चिन्मय ही है। इसलिये परमात्माके लक्षणभूत चिन्मयत्वसे युक्त होनेके कारण यह ॐकार परमेश्वर ही है। इस प्रकार परमेश्वर और ॐकार दोनोंकी चिन्मयता एक ही है। यह ॐकार और परमेश्वररूप एकमात्र ब्रह्म अमृतस्वरूप और सर्वथा भयरहित है। निश्चय ही ब्रह्म अभय—भयसे अत्यन्त दूर है। जो इस प्रकार जानता है, वह भी अवश्य ही भयरहित ब्रह्म हो जाता है। यह इस प्रसङ्गका गूढ़ रहस्य है।

(इस प्रकार तुरीयस्वरूप ॐकार और आत्माकी ओत-रूपता (सर्वव्यापकता) तथा एकता बतलायी गयी। अब उन दोनोंकी अनुज्ञातृरूपता बतलायी जाती है—) निश्चय ही यह आत्मा अनुज्ञाता है; क्योंकि यही इस सम्पूर्ण जगत्को अपना स्वरूप प्रदान करता है। यह सब कुछ जडरूप होनेके कारण स्वतः आत्मवान् नहीं हो सकता—आत्मा ही इसे अपनेमें लीन करके आत्मस्वरूप बना सकता है। वास्तवमें तो यह आत्मा न ओत है न अनुज्ञाता ही; क्योंकि यह असङ्ग और अविकारी है तथा इससे भिन्न किसी दूसरी वस्तुकी सत्ता भी नहीं है। इसी तरह यह ॐकार भी अनुज्ञाता है; क्योंकि जब कोई किसीसे कुछ माँगते हुए कहता है कि 'क्या मैं आपकी अमुक वस्तुका उपयोग कर लूँ ?' तो वह 'ओम्' (हाँ) यों कहकर ही अपनी अनुमति प्रदान करता है। निश्चय ही वाणीमात्र ओङ्कार है। वाणी ही इन सबके विषय-में अनुमति प्रदान करती है। निश्चय ही यह ओङ्कार चिन्मय है; क्योंकि यह चित्-शक्ति इस सम्पूर्ण अनात्म जगत्को आत्मसात् (अपनेमें लीन) कर लेती है। इसलिये ॐकार साक्षात् परमेश्वर ही है। वे दोनों एकमात्र ब्रह्म ही हैं। यह अमृतस्वरूप है, यह ब्रह्म सर्वथा भयरहित है। यह प्रसिद्ध है कि ब्रह्म सर्वथा भयशून्य है। जो इस प्रकार जानता है, वह अवश्य ही ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। इस प्रकार इस प्रकरणका गूढ़ रहस्य है।

निश्चय ही यह आत्मा अनुज्ञैकरस (एकरस बोधस्वरूप) है; क्योंकि यह प्रज्ञानघन ही है। इस सम्पूर्ण कार्य-कारणमय जगत्के पूर्वसे ही यह भलीभाँति प्रकाशित है। अतएव घनीभूत चैतन्यस्वरूप ही है। वास्तवमें तो यह आत्मा न ओत है और न अनुज्ञाता ही; क्योंकि यह सब जगह आत्माकी ही अपेक्षा रखनेवाला है। स्वतः तो अनात्म होनेके कारण असत् ही है (इसलिये कौन किसमें व्यापक हो और कौन किसका अनुज्ञाता हो ?)। निश्चय ही यह ॐकार भी अनुज्ञैकरस है; क्योंकि 'ओम्' इस प्रकार कहकर ही मनुष्य किसी वस्तु-के लिये अपनी अनुमति प्रकट करता है। अवश्य ही वाणी-मात्र ॐकार है। क्योंकि वाणी ही अनुमति देती है। निश्चय ही यह ॐकार चिन्मय है, क्योंकि चित् ही अनुज्ञा है। अतः चिन्मय होनेके कारण ॐकार साक्षात् परमेश्वर ही है। इस प्रकार वे दोनों एकमात्र ब्रह्म ही हैं। यह अमृतस्वरूप है, यह ब्रह्म सदा भयशून्य है। ऐसी प्रसिद्धि है कि ब्रह्म सर्वथा भयसे रहित ही है। जो इस प्रकार जानता है, वह भयरहित ब्रह्म ही हो जाता है। ऐसा इस प्रकरणका गूढ़ रहस्य है।

अवश्य ही यह आत्मा अविकल्प (निर्विशेष) है; क्योंकि इसके सिवा दूसरी कोई वस्तु नहीं है। निश्चय ही यह ॐकार भी अविकल्प है; क्योंकि वह भी अद्वितीय ही है। अवश्य ही यह ॐकार चिन्मय है। इसलिये परमेश्वरस्वरूप ही है। इस प्रकार वे दोनों एकमात्र ब्रह्म ही हैं; क्योंकि वह

* वाणीके चार भेद हैं—परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी। इनमेंसे किसी-न-किसीके द्वारा ही वस्तुओंकी प्रतीति होती है।

ब्रह्म विकल्पसे शून्य है। वास्तवमें परमात्मा अविकल्प भी नहीं है; क्योंकि उसमें कोई भेद नहीं है (भेदकी सत्ता होनेपर ही सविकल्प और अविकल्प आदि भेद हो सकते हैं)। इस परमात्मामें कोई भी भेद उपलब्ध नहीं होता। इसमें जो भेद-सा मानता है, वह सैकड़ों और सहस्रों प्रकारसे भेदको प्राप्त होकर—सहस्रों भिन्न-भिन्न योनियोंमें जन्म लेकर मृत्युसे मृत्युको प्राप्त होता रहता है। इसलिये यह अद्वितीय, स्वयंप्रकाश और महानन्दमय तत्त्व आत्मा ही है। यह ब्रह्म अमृतस्वरूप है, यह ब्रह्म सर्वथा भयसे रहित है। ऐसी प्रसिद्धि है कि ब्रह्म भयसे शून्य ही है। जो इस प्रकार जानता है, वह भयशून्य ब्रह्म ही हो जाता है। ऐसा इस प्रकरणका गूढ़ रहस्य है।

नवम खण्ड

प्रणवके द्वारा आत्माको जानकर साक्षिरूपसे स्थित होनेकी विधि

निश्चय ही उन प्रसिद्ध देवताओंने प्रजापतिसे कहा—भगवन्! हमें इस ॐकारके लक्ष्यार्थभूत आत्माका ही उपदेश करें। 'तथास्तु' कहकर प्रजापति बोले—'उपद्रष्टा (समीप रहकर देखनेवाला साक्षी) और अनुमन्ता (अपनेमें ही अध्यस्त प्राण और बुद्धि आदिको संनिधानमात्रसे केवल अनुमति देनेवाला) यह आत्मा 'सिंह' अर्थात् बन्धननाशक परमात्मा ही है, चित्स्वरूप ही है, निर्विकार है और सर्वत्र साक्षिमात्र है। अतएव द्वैतकी सिद्धि नहीं होती; केवल आत्मा ही सिद्ध होता है—एकमात्र आत्माकी ही सत्ता प्रमाणित होती एवं अनुभवमें आती है आत्मा अद्वितीय है—उससे भिन्न किसी दूसरी वस्तुकी सत्ता नहीं है। मायासे ही अन्य वस्तुकी प्रतीति-सी होती है। निश्चय ही वह उपद्रष्टा आदिके रूपमें बतलाया हुआ यह आत्मा साक्षात् परमात्मा ही है। यह माया ही सम्पूर्ण द्वैत-प्रपञ्चके रूपमें भासित होती है। ठीक ऐसी ही बात है। वही यह माया प्राज्ञमें अविद्यारूपसे स्थित होकर उसके स्वरूपपर आवरण डालती है। वही सम्पूर्ण जगत्के रूपमें भासती है। आत्मा तो विशुद्ध परमात्मा ही है। यद्यपि यह स्वप्रकाश (अपने ही प्रकाशसे प्रकाशित होनेवाला) एवं सर्वज्ञ है, तथापि यहाँ सुषुप्तावस्थामें जानते हुए भी अपने और दूसरेको पृथक्-पृथक् नहीं जानता; क्योंकि उस समय वह अविषयरूप है, सत्तामात्रसे भिन्न किसी भी विषयका उसके साथ सम्बन्ध नहीं है। इसी प्रकार वह अज्ञानरूप भी है अर्थात् भेद-ज्ञानको ग्रहण करनेवाले अन्तःकरणके साथ उसका सम्बन्ध नहीं है। यह बात अनुभवसिद्ध है तथा यह तमोमयी (अज्ञानस्वरूपा) माया भी अनुभवसे ही जानी जाती है। इसलिये जड-मोहात्मक, प्रवाहरूपसे अनन्त और अत्यन्त तुच्छ यह दृश्यमान जगत् ही उसका स्वरूप है। यह माया ही इस पुरुषके समक्ष 'इदम्' रूपसे प्रतीत होनेवाले इस दृश्य-प्रपञ्चको अभिव्यक्त करनेवाली है। यद्यपि यह नित्य निवृत्त है, ढूँढ़नेपर कहीं भी इसकी सत्ता उपलब्ध नहीं होती, तथापि अविवेकी पुरुषोंको यह आत्माकी भाँति अपना स्वरूप ही दिखायी देती है। यह इस चेतन आत्माकी सत्ता और असत्ताका भी दर्शन कराती है (मायाद्वारा प्रकट हुए जगत्का कोई चेतन आत्मा साक्षी अवश्य होना चाहिये—इस युक्तिसे आत्माकी सत्ताका अनुभव होता है; तथा यह माया स्वयं ही आवरण बनकर आत्माके स्वरूपको छिपा देती है, इसलिये उसकी असत्ता-सी प्रतीत होती है)। सिद्धता और असिद्धता तथा स्वतन्त्रता और अस्वतन्त्रताके कारण भी यह आत्माकी सत्ता और असत्ताका भान कराती है।* वही यह प्रसिद्ध माया साधारण वट-बीजकी भाँति एक होकर भी अनेक वटवृक्षोंके समान असंख्य जीवोंके उत्पादनकी शक्तिका केन्द्र है। यह कैसे? सो बतलाते हैं। जैसे एक साधारण वट-बीज अपनेसे अभिन्न अनेकों वट-वृक्षोंको बीजसहित उत्पन्न करके उन सबमें अपनी पूरी शक्तिके साथ मौजूद रहता है, उसी प्रकार यह माया अपनेसे अभिन्न एवं परिपूर्ण क्षेत्रों (शरीरों)को दिखाकर आभासद्वारा चेतन आत्माको जीव और ईश्वरके भेदमें प्रतिष्ठित कर देती है। यह स्वयं ही माया और अविद्या बन जाती है। यह प्रसिद्ध माया अति विचित्र, अत्यन्त दृढ़, अनेक अङ्कुरोंवाली, स्वयं तीन गुणोंमें विभक्त होकर अङ्कुरों-

* अपनी महिमामें स्थित निर्विकल्प चैतन्यस्वरूप आत्मा, अविद्यासे सम्बन्ध होनेपर, उसके साधकरूपसे प्रकट होता है। अतः उसके स्वरूपकी सिद्धि होनेसे उसकी सत्ता प्रमाणित होती है। तथा प्रकृतिस्थ होनेपर आसक्तिवश जब वह जडप्रधान हो जाता है, तब उसके स्वरूपकी सिद्धि न होनेसे उसकी सत्ता उपलब्ध नहीं होती। इसी प्रकार वह मायाका भी शासक और अधिष्ठाता होनेके कारण स्वतन्त्र है और अविद्यावश जब अपने स्वरूपको भूल जाता है, तब मायापरवश होनेके कारण अस्वतन्त्र हो जाता है; स्वतन्त्रता उसकी सत्ताका और अस्वतन्त्रता उसकी असत्ताका भान कराती है।

में भी त्रिगुणमय स्वरूपसे स्थित रहनेवाली, सर्वत्र ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूपमें उपस्थित और आत्म-चैतन्यसे उद्दीप्त रहनेवाली है। इसलिये सर्वत्र जो गुण-भेदसे त्रिविध स्वरूपकी उपलब्धि होती है, वह आत्माका ही स्वरूप है। कारणरूपमें भी वही स्थित है। मायाके कारण ही जीव और ईश्वरका भेद है। शरीरमें अभिमान रखनेवाला चेतन जीव कहलाता है और उसपर नियन्त्रण रखनेवाला ईश्वर कहा गया है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड अर्थात् समष्टि-शरीरमें अभिमान रखनेवाले जीवका नाम ही 'हिरण्यगर्भ' है। गुण-भेदसे उसके भी तीन रूप हैं। ईश्वरकी भाँति उसमें भी आत्म-चैतन्यका बोध स्वतः प्रकट होता है। यह हिरण्यगर्भ सर्वव्यापी ईश्वर है, क्रिया एवं ज्ञानस्वरूप है। सम्पूर्ण क्षेत्र-समुदाय सर्वमय है (क्योंकि वह सर्वात्मक मायासे उत्पन्न है)। सब अवस्थाओंमें (छोटे-बड़े सभी रूपोंमें) प्रकट हुए सम्पूर्ण जीव भी सर्वमय हैं। तथापि अल्प शरीरमें अभिमान रखनेके कारण वे अल्प कहलाते हैं। वही यह परमात्मा सम्पूर्ण भूतों, इन्द्रियों, विराट् ब्रह्माण्ड, इन्द्रियाधिष्ठाता देवों तथा अन्नमय आदि पाँच कोशोंकी सृष्टि करके उनमें प्रवेश करता है और प्रवेश करके मूढ़ न होते हुए भी मूढ़की भाँति व्यवहार करता रहता है। यह सब कुछ मायासे ही होता है। (अतः मायाका कार्य होनेसे यह जगत् और तत्सम्बन्धी व्यवहार सब-के-सब मिथ्या ही हैं।) इसलिये यह आत्मा एकमात्र—अद्वितीय ही है। यह सन्मात्रस्वरूप, नित्य, शुद्ध, बुद्ध, सत्य, मुक्त, निरञ्जन (मायातीत), विभु (सर्वव्यापक), अद्वैत, आनन्दमय, पर (सर्वोत्कृष्ट) तथा प्रत्यगेकरस (आत्मामें ही एकमात्र रसकी उपलब्धि करनेवाला) है। इन प्रत्यक्ष आदि तथा सत्, चित्, आनन्दकी उपलब्धि आदि प्रमाणोंद्वारा इसका ज्ञान होता है। यह सब कुछ सत्तामात्र ही है। इस कार्य-कारणमय जगत्के पूर्वसे केवल सत्स्वरूप ब्रह्म ही स्वतःसिद्ध है (श्रुति भी कहती है—'सदेव सोम्येदमग्र आसीत्')। इस ब्रह्ममें उससे भिन्न दूसरी किसी वस्तुका अनुभव नहीं होता। ब्रह्ममें अविद्या भी नहीं है; क्योंकि वह ज्ञानस्वरूप, स्वयम्प्रकाश, सबका साक्षी, निर्विकार और अद्वितीय है। यहाँ इस जगत्में भी देखो—जो कुछ भी है, वह सन्मात्र है। जो सत्से भिन्न है, वह असत् है। इस प्रकार सम्पूर्ण कल्पनाओंके साक्षीरूपसे सत्यस्वरूप ब्रह्मकी ही पहलेसे उपलब्धि होती है। वास्तवमें कार्यकी सत्ता न होनेसे यह परमात्मा कारणरूप भी नहीं है। यह सत्-स्वरूप ब्रह्म अपने आत्मामें ही स्थित, आनन्दमय, चिद्घनस्वरूप एवं स्वतःसिद्ध है। निश्चय ही किन्हीं अन्य प्रमाणोंसे इसकी सिद्धि नहीं होती। वही विष्णु, वही शिव और वही ब्रह्मा है। अन्य सब रूपोंमें भी वही उपलब्ध होता है। वह सर्वग (सर्वत्र व्यापक) एवं सर्वस्वरूप है। अतएव नित्य-शुद्ध है। उसके स्वरूपका कभी बाध नहीं होता। वह बुद्ध (ज्ञानस्वरूप), सुखरूप आत्मा है। यह सम्पूर्ण जगत् निरात्मक (आत्मासे शून्य) नहीं है, तथा निरपेक्ष आत्मा भी नहीं है; क्योंकि स्वतन्त्र आत्मा तो इस जगत्की उत्पत्तिके पहलेसे ही स्वतःसिद्ध है। यह सब जगत् कदापि सत्य नहीं है। आत्मा अपनी ही महिमामें स्थित, सर्वथा निरपेक्ष, एकमात्र साक्षी और स्वयम्प्रकाश है।'

देवताओंने पूछा—'वह नित्य, शुद्ध-बुद्ध एवं आत्मभूत तत्त्व क्या है?' प्रजापतिने कहा—'वही आत्मा है। उस ब्रह्मके आत्मा होनेमें किसी प्रकारका संशय नहीं करना चाहिये। यह आत्मस्वरूप ब्रह्म ही इस सम्पूर्ण जगत्की सृष्टि करता है। यह द्रष्टाका भी द्रष्टा, निर्विकार, साक्षी, नित्य-सिद्ध और अविद्यारहित है; क्योंकि यह बाहर और भीतर है तथा कार्य और कारणका भी निरीक्षण करनेवाला है। यह पहलेसे ही भलीभाँति प्रकाशित है तथा अज्ञानरूप अन्धकारसे सर्वथा परे है।' इतना उपदेश देकर प्रजापतिने पूछा—देवताओ! बताओ तो सही, मेरे द्वारा उपदेश दिये हुए आत्माके स्वरूपका तुम्हें साक्षात्कार हुआ कि नहीं? देवता बोले—हमने आत्माके स्वरूपका साक्षात्कार तो किया; किंतु वह अव्यवहार्य (व्यवहारमें न आनेयोग्य) तथा अल्प है। यह सुनकर प्रजापतिने कहा—'नहीं, आत्मा अल्प नहीं है। वह सबका साक्षी है, निर्विशेष है। उससे भिन्न दूसरी कोई वस्तु है ही नहीं। वह सुख और दुःख दोनोंसे रहित है। अद्वितीय परमात्मा है। सर्वज्ञ है, अनन्त है, अभिन्न है तथा द्वैतरहित है। मायाके कारण ही उसकी सदा सम्यक् प्रकारसे उपलब्धि नहीं होती। परंतु वास्तवमें वह प्रकाशित न होनेवाला नहीं है। कारण कि वह स्वयं-प्रकाश है। माया और अज्ञान भी आत्मामें ही कल्पित होनेके कारण आत्मासे भिन्न नहीं हैं। तुम्हीं सब लोग आत्मा हो।' इतना कहकर पुनः प्रश्न किया—'क्या अब भी तुम्हें आत्म-तत्त्वका दर्शन हुआ? यदि हुआ तो अद्वैतरूपसे या द्वैतरूपसे?' देवताओंने कहा—हमें तो द्वैतका ही दर्शन होता है। प्रजापतिने कहा—'नहीं, तुम्हें द्वैतरूपमें आत्माका दर्शन नहीं होता; क्योंकि आत्मा तो तुम्हीं हो। वह तुमसे

भिन्न नहीं है ।' तब देवताओंने कहा—भगवन् ! अभी पुनः उपदेश कीजिये । प्रजापतिने कहा—'तुम स्वयं ही आत्मा हो । तुमसे पृथक् द्वैतका कहीं दर्शन नहीं होता । यदि तुम्हें द्वैत दिखायी देता है तो तुम आत्मज्ञ नहीं हो; क्योंकि यह आत्मा असङ्ग है । (जो असङ्ग है, उसका द्वैतके साथ सम्बन्ध न होनेके कारण उसे द्वैतका दर्शन भी नहीं हो सकता ।) तुम अपनेको—आत्माको द्वैतदर्शी मानते हो, इसलिये तुम्हें आत्माका ज्ञान नहीं है ।'

अतः तुम्हीं लोग स्वप्रकाश आत्मा हो—तुम स्वयं ही द्वैतरूपमें भासित होते हो, वास्तवमें अद्वैत आत्मा ही हो । यह जो कुछ दिखायी देता है, सब सत्स्वरूप आत्मा ही है; क्योंकि सब कुछ संवित् (ज्ञान)-स्वरूप है । इसलिये तुम्हीं सत् एवं संविद्रूप आत्मा हो (किंतु इस समय ससङ्ग हो रहे हो—मिथ्या द्वैतके प्रति तुम्हारे मनमें आसक्ति हो रही है) । यह सुनकर वे प्रसिद्ध देवता बोले—'नहीं, ऐसी बात नहीं है । अहो ! हम तो असङ्ग ही हैं—हमारी कहीं भी आसक्ति नहीं है ।' तब उन सुप्रसिद्ध प्रजापतिने कहा—'यदि तुम असङ्ग हो तो तुम्हें द्वैत कैसे दिखायी देता है ?' देवता बोले—'हम नहीं जानते कैसे हमें द्वैत दिखायी देता है ।' 'तब तो तुम स्वयं ही द्वैतरूपमें प्रकाशित हो रहे हो । (क्योंकि असङ्ग होनेके कारण आत्माको अपनेसे भिन्न किसी द्वैतका दर्शन नहीं हो सकता । जो कुछ दिखायी देता है, वह आत्मामें ही अध्यस्त है, अतः उससे भिन्न नहीं है)' —यों निश्चयपूर्वक प्रजापतिने कहा । (यदि आपने हमें ससङ्ग, सत्-संविद्रूप बताया है तो ससङ्ग, सत् और संवित् असङ्ग आत्माके लक्षण कैसे हो सकते हैं ? ऐसी शङ्का होनेपर कहते हैं—)'तुम ससङ्ग, सत्संविद्रूप नहीं हो; (तब आपने हमें सत् और संवित्-स्वरूप बताया क्यों ?' देवताओंके इस प्रश्नपर प्रजापति बोले—'हमने सत् और संवित्के लक्ष्यभूत आत्मस्वरूपका प्रतिपादन करनेके लिये ही तुम्हें सत् और संवित् बताया है ।) सत् और संवित्—ये दोनों शब्द उसी आत्मतत्त्वको लक्ष्य कराते हैं, जो सृष्टिके पहलेसे ही भलीभाँति प्रकाशित है । वह अव्यवहार्य (व्यवहारमें न ला सकने योग्य) होता हुआ ही अद्वितीय है । देवताओ ! क्या अब भी तुमने आत्माको समझा ?' देवता बोले—'हाँ, भलीभाँति समझ लिया; आत्मा विदित और अविदित—दोनोंसे परे है । (मन-बुद्धिका विषय न होनेके कारण तो वह विदितसे परे है और स्वप्रकाश, चिन्मय होनेके कारण अविदितसे परे है ।)' तब उन सुप्रसिद्ध प्रजापतिने कहा—वही यह अद्वय ब्रह्म है । वह बृहत् (महान्से भी महान्) होनेके कारण नित्य है; शुद्ध-बुद्ध-मुक्त-स्वरूप है, सत्य, सूक्ष्म, सब ओरसे पूर्ण, द्वैतरहित, सत्स्वरूप, आनन्दरूप तथा चिन्मात्र आत्मा ही है । किसी भी दूसरेके द्वारा वह व्यवहार्य (वाच्य) नहीं है ।

"यद्यपि आत्माको दृष्टि आदिका विषय न होनेके कारण तुम देख नहीं पाते, तथापि इस ब्रह्मको, जो प्रणवका वाच्यार्थ होनेके कारण प्रणवरूप ही है, अपने आत्मरूपमें देखो ! वही यह सत्य है । आत्मा ब्रह्म ही है और ब्रह्म आत्मा ही है । निश्चय ही इस विषयमें संशय नहीं करना चाहिये ! हाँ, अवश्य ही यह सत्य है । इस सत्यको विवेकशील विद्वान् ही देख पाते हैं । यह ब्रह्म या आत्मतत्त्व न शब्द है न स्पर्श है, न रूप है न रस है, और न गन्ध ही है । न वाणीद्वारा बोलनेयोग्य है और न हाथसे ग्रहण करनेयोग्य ! वह पैरोंसे पहुँचनेयोग्य स्थान भी नहीं है । गुदाद्वारा त्यागने अथवा उपस्थ-इन्द्रियद्वारा विषयानन्दके रूपमें अनुभव करनेयोग्य भी नहीं है । मनसे मनन करनेयोग्य और बुद्धिसे जाननेयोग्य भी नहीं है । अहङ्कारका और चित्तका भी विषय नहीं है । प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान—इन पाँचों प्राणोंका भी विषय नहीं है । वह न इन्द्रियरूप है न विषयरूप । उसके न करण है न लक्षण है । वह असङ्ग, निर्गुण, निर्विकार, अनिर्देश्य, सत्त्व, रज एवं तमोगुणसे रहित तथा मायासे शून्य है । वह उपनिषदोंके द्वारा ही लक्षणासे जाननेयोग्य है । भलीभाँति प्रकाशित है । सदा एकरस प्रकाशमय है । इस सम्पूर्ण कार्य-कारणमय जगत्के पहलेसे ही भलीभाँति प्रकाशित है । उस अद्वय तत्त्वको 'मैं वह हूँ और वह मेरा स्वरूप है' इस प्रकार देखो ।" यों कहकर वे प्रसिद्ध प्रजापति बोले—देवताओ ! क्या इस आत्माको तुमने देखा अथवा नहीं देखा ? देवताओंने कहा—'देखा, वह विदित और अविदितसे परे है । अहो ! यह माया कहाँ चली गयी ? और कैसे इस स्वप्रकाश आत्मामें पहले रह सकी ?' प्रजापतिने कहा—उससे क्या ? (क्या इस बातको न जाननेसे तुममें कोई न्यूनता आ जाती है ?) नहीं, कुछ भी नहीं—देवताओंने कहा । प्रजापति बोले—'इस मायाके लिये आश्चर्य करनेकी आवश्यकता नहीं, तुम स्वयं ही आश्चर्यरूप हो । (क्योंकि तुम्हारे ही आश्रित रहकर माया विचित्र कार्य करनेकी शक्ति पाती है ।) परंतु वास्तवमें तुम भी आश्चर्य-

रूप नहीं हो (क्योंकि स्वरूपभूत सत्तामात्रसे ही तुम माया-की आश्चर्यरूपतामें हेतु बनते हो, विकारको प्राप्त होकर नहीं; अतः सर्वदा एकरूप होनेके कारण तुम्हें आश्चर्यरूप भी नहीं कहा जा सकता)'—प्रजापतिने कहा । "जो कुछ बताया गया, इसे 'हाँ' कहकर 'अनुज्ञा' रूपसे स्वीकार करो और इस आत्माके विषयमें बताओ ।" आत्मा ज्ञात भी है और अज्ञात भी, देवताओंने उत्तर दिया और कहा—वह ऐसा भी (ज्ञात-अज्ञात भी) नहीं है ।

'फिर भी उसके आत्मसिद्ध स्वरूपको तो बताओ ही ।' प्रजापतिने जब यों कहा, तब देवता बोले—'भगवन्! हम केवल देखते ही हैं, फिर भी नहीं देखते; हम उसे कहकर बता नहीं सकते । भगवन्! आपको नमस्कार है, हमपर प्रसन्न होइये ।' देवताओंका यह कथन सुनकर प्रजापति बोले—डरो मत; पूछो, क्या जानना चाहते हो ? देवता बोले—भगवन् ! यह अनुज्ञा क्या है ? 'यह आत्मा ही अनुज्ञा है,' प्रजापतिने कहा । तब देवता बोले—भगवन् ! आपको नमस्कार है; हम आपके ही हैं ।

इस प्रकार उन प्रसिद्ध प्रजापतिने देवताओंको उपदेश दिया, उपदेश दिया । इस विषयमें यह श्लोक है—

ओतमोतेन जानीयादनुज्ञातारमान्तरम् ।
अनुज्ञामद्वयं लब्ध्वा उपद्रष्टारमाव्रजेत् ।
उपद्रष्टारमाव्रजेत् ॥

'ओत (व्यापक) आत्माको ओत (प्रणव) के द्वारा जाने । फिर अनुज्ञातारूप प्रणवके द्वारा अनुज्ञाता आत्माको जाने । तत्पश्चात् अनुज्ञा-प्रणवके द्वारा अनुज्ञारूप आत्माको जाने तथा अविकल्परूप प्रणवद्वारा अविकल्परूप आत्माको जानकर उपद्रष्टा-भावको प्राप्त हो—साक्षीरूपसे स्थित हो जाय ।'

(इस श्लोकमें आठवें और नवें खण्डोंका संक्षेपसे सार आ गया है । अन्तिम वाक्यकी पुनरावृत्ति ग्रन्थ-समाप्ति सूचित करनेके लिये है ।)

॥ नवम खण्ड समाप्त ॥ ९ ॥

॥ अथर्ववेदीय श्रीनृसिंहोत्तरतापनीयोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

सत्यकी जय है

सत्यमेव जयति नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः ।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम् ॥

(मुण्डक० ३ । १ । ६)

सत्यकी ही जय होती है, असत्यकी नहीं; वह देवयानमार्ग सत्यसे ही व्याप्त है, जिससे पूर्णकाम ऋषिगण गमन करते हैं, जहाँ उस सत्यस्वरूप परमात्माका परमधाम है ।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

सामवेदीय
महोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम अध्याय

सृष्टिकी उत्पत्तिका वर्णन

अब यहाँसे महोपनिषद्का व्याख्यान किया जाता है। उस समय निश्चयपूर्वक एक नारायण थे; न ब्रह्मा थे न रुद्र; न जल था न अग्नि और न सोम थे; न ये द्युलोक और भूलोक थे; न नक्षत्र थे और न सूर्य थे; न चन्द्रमा ही थे। उन्होंने एकाकी रहना पसंद नहीं किया। उन परम पुरुषका अन्तःस्थ सङ्कल्परूपी ध्यान यज्ञस्तोम (महान् यज्ञ) कहलाया। उससे उत्पन्न हुए चौदह पुरुष और एक कन्या। दस इन्द्रिय, ग्यारहवाँ तेजस्वी मन, बारहवाँ अहङ्कार, तेरहवाँ प्राण तथा चौदहवाँ आत्मा—ये ही चौदह पुरुष हैं और पंद्रहवीं बुद्धि ही कन्या है। इनके अतिरिक्त पाँच सूक्ष्मभूतरूपी तन्मात्राएँ तथा पाँच महाभूत—इन पचीस तत्त्वोंका एक पुरुष (विराट् शरीर) बना। उसमें विराट् पुरुषने प्रवेश किया। इस पचीस तत्त्वोंवाले पुरुषसे प्रधान संवत्सर नहीं उत्पन्न होते। कालरूपी संवत्सरसे ही इस पुरुषके संवत्सर उत्पन्न हुए।

पश्चात् उन प्रसिद्ध नारायणने अन्य कामनासे मनमें ध्यान किया; उन अन्तःस्थ ध्यान करनेवालेके ललाटसे तीन नेत्रोंवाला, हाथमें त्रिशूल लिये हुए पुरुष उत्पन्न हुआ। उस श्रीसम्पन्न पुरुषके अङ्गमें यश, सत्य, ब्रह्मचर्य, तप, वैराग्य, स्वाधीन मन, ऐश्वर्य और प्रणवके साथ व्याहृतियाँ, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद तथा सारे छन्द समाश्रित थे। इसी हेतु वह महान् देवता 'ईशान' और 'महादेव' कहलाया।

पश्चात् पुनः नारायणने अन्य कामनासे मनमें ध्यान किया। उन अन्तःस्थ ध्यानीके ललाटसे स्वेद गिरा, वह पसीना फैलकर जल बन गया। उस जलसे हिरण्मय तेजके रूपमें अण्ड उत्पन्न हुआ, उससे चतुर्मुख ब्रह्माकी उत्पत्ति हुई। उन्होंने ध्यान किया। पूर्व दिशाकी ओर मुख करके भूः व्याहृति, गायत्री छन्द, ऋग्वेद एवं अग्नि देवताका ध्यान किया। पश्चिमकी ओर मुख करके भुवः व्याहृति, त्रिष्टुप् छन्द, यजुर्वेद एवं वायु देवताका ध्यान किया। उत्तरकी ओर मुख करके स्वः व्याहृति, जगती छन्द, सामवेद एवं सूर्य देवताका ध्यान किया। दक्षिणकी ओर मुँह करके महः व्याहृति, अनुष्टुप् छन्द, अथर्ववेद, तथा सोम देवताका ध्यान किया।

सहस्रों सिरवाले देवताका, जिनके सहस्रों नेत्र हैं, जो सब प्रकारके कल्याणके हेतु हैं, जो सर्वतः व्याप्त हैं, परात्पर हैं, नित्य हैं, सर्वरूप हैं—उन हरि नारायणका ब्रह्माने ध्यान किया। ये परम पुरुष ही विश्वरूप हैं, इन पुरुषपर ही विश्वका जीवन अवलम्बित है; उन विश्वके स्वामी, विश्वरूप, विश्वेश्वरको—क्षीरसागरमें शयन करनेवाले देवताको ब्रह्माने ध्यानमें देखा।

पद्मकोशके समान, सम्यक्रूपसे कोशके आकारमें लम्बायमान अधोमुख जो हृदय है, जिससे निरन्तर सीत्कार-शब्द निकल रहा है, उसके मध्यमें एक महान् ज्वाला प्रज्वलित हो रही है, जो विश्वको प्रकाशित करनेवाली दीपशिखाके समान दसों दिशाओंमें प्रकाश वितरण करती है; उस ज्वालाके मध्यमें थोड़ी दूर ऊपर उठी हुई एक पतली वह्निशिखा व्यवस्थित है। उस शिखाके बीचमें परमात्माका निवास है; वे ही ब्रह्मा हैं, वे ही ईशान हैं, वे ही इन्द्र हैं, वे ही अक्षर परम स्वराट् हैं।

॥ प्रथम अध्याय समाप्त ॥ १ ॥

ॐ

द्वितीय अध्याय

शुकदेवजीको आत्माके सम्बन्धमें जनकका उपदेश; जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्तिका स्वरूप

शुक नामके एक महातेजस्वी मुनीश्वर थे, जो निरन्तर आत्मानन्दके आस्वादनमें तत्पर रहते थे। उन्होंने उत्पन्न होते ही सत्यकी, तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति की। इसलिये उन महामना शुकदेवजीने अपने विवेकसे स्वयं—बिना किसी उपदेशके चिरकालतक विचारकर आत्मस्वरूपका निश्चय किया ॥१-२॥

अनिर्वचनीय होनेके कारण, अगम्य होनेके कारण और मनरूपी षष्ठ इन्द्रियमें स्थित होनेके कारण यह आत्मा अणु-परिमाण है, चिन्मात्र है, आकाशसे भी अत्यन्त सूक्ष्म है। इस परम चिद्रूपी अणुके भीतर कोटि-कोटि ब्रह्माण्डरूपी रेणुकाएँ शक्ति-क्रमसे उत्पन्न और स्थित होकर विलीन होती रहती हैं। बाह्यशून्यताके कारण आत्मा आकाश-स्वरूप है और चिद्रूपताके कारण अनाकाशस्वरूप है; उसका निर्देश नहीं किया जा सकता, अतएव वह अवस्तुरूप है; उसकी सत्ता है, अतः वह वस्तुरूप है; प्रकाशात्मक होनेके कारण वह चेतन है और वेदनाका विषय न होनेके कारण वह शिलाके समान है; अपने अन्तःस्थ आत्माकाशमें वह चित्र-विचित्र—नाना प्रकारके जगत्का उन्मेष करता है। यह विश्व उसका आत्म-प्रकाशमात्र है, अतएव उससे पृथक् नहीं है। जगद्भेद भी आत्मा-में ही भासित हो रहा है, अतएव वह भेद भी आत्ममय ही है। वह सबसे सम्बद्ध है, इस दृष्टिसे उसकी सर्वत्र गति है; और उसमें गति न होनेके कारण वह कहीं जाता नहीं। उसका कोई आश्रय न होनेके कारण वह 'नास्ति' रूप है, तथा सत्स्वरूप होनेके कारण 'अस्ति'-रूप है। धनदाताकी परम गति है। जो ब्रह्म आनन्द और विज्ञानस्वरूप है, चित्तके द्वारा सारे सङ्कल्पोंका परित्याग ही जिसका ग्रहण है, जाग्रत् अवस्थाकी प्रतीतिके अभावको ही जिसकी प्रतीति बुद्धिमान् लोग बतलाते हैं, जिसके संकोच और विकाससे जगत्का प्रलय और सृजन होता है, वेदान्त-वाक्योंकी जो निष्ठा है तथा वाणीके लिये जो अगोचर है, वही सच्चित्-परमानन्दस्वरूप ब्रह्म मैं हूँ, दूसरा नहीं हूँ—इस प्रकार अपनी ही सूक्ष्म बुद्धिके द्वारा श्रीशुकदेव मुनिको सब कुछ ज्ञात हो गया। स्वयं प्राप्त हुए परतत्त्वमें वे अविश्रान्त—निरन्तर संलग्न मनसे स्थित हुए। 'यही वस्तु है, वह नहीं' इस प्रकारका विश्वास आत्मतत्त्वमें उनको प्राप्त हुआ और तब, जिस प्रकार जलदके धाराप्रपातसे तुष्ट हुए चातकका चापल्य दूर हो जाता है, उसी प्रकार नाना प्रकारके भोगोंसे उत्पन्न होनेवाले विषय-चापल्यसे विरत होकर उनका चित्त कैवल्य-अवस्थाको प्राप्त हो गया ॥ ३-१३ ॥

एक बार उन विमल प्रज्ञावान् शुकदेवजीने मेरु-पर्वतपर एकान्तमें स्थित हो अपने पिता श्रीकृष्णद्वैपायन मुनिसे भक्ति-पूर्वक प्रश्न किया—'मुनीश्वर! यह जगत्-प्रपञ्च कैसे उत्पन्न हुआ, किस प्रकार विलीन होता है? यह क्या है, किसका है, कब हुआ है? बतलाइये।' इस प्रकार पूछनेपर आत्मज्ञानी व्यासजी महाराजने शुकको यथावत् सारी बातें बतलायीं; किंतु 'ये सब बातें तो मुझे पहलेसे ही ज्ञात हैं' यों समझकर शुकदेवजीने पिताकी बातोंको अपनी बुद्धिसे वैसा आदर नहीं दिया। इस प्रकार शुकदेवजीके अभिप्राय-को समझकर भगवान् व्यासजीने शुकदेव मुनिसे कहा, 'मैं तत्त्वतः इन बातोंको नहीं जानता। मिथिलापुरीमें जनक नामके एक राजा हैं, वे इन सब बातोंको भलीभाँति जानते हैं; पुत्र! तुम उनसे सब कुछ प्राप्त कर सकते हो।' पिताके द्वारा इस प्रकार कहे जानेपर श्रीशुकदेवजीने सुमेरु-पर्वतसे उतरकर भूतलकी ओर प्रयाण किया और वे जनकके द्वारा परिपालित विदेहनगरीमें जा पहुँचे ॥ १४-२० ॥

जब द्वारपालोंने महात्मा जनकको यह समाचार दिया कि 'राजन्! राजद्वारपर महर्षि व्यासके पुत्र श्रीशुकदेव मुनि उपस्थित हैं,' तब शुककी परीक्षाके लिये राजाने अवज्ञापूर्वक केवल इतना ही कहा कि 'वे वहीं ठहरें' इसके बाद राजा सात दिन चुप रहे। तदनन्तर राजा जनकने शुकदेवजीको राज-प्राङ्गणमें बुलवाया। वहाँ भी राजा सात दिनोंतक उसी प्रकार उदासीन रहे। तदनन्तर राजाने उनको अन्तःपुरके आँगनमें बुलवाया, और वहाँ भी सात दिनोंतक राजा शुकदेवजीके सामने नहीं आये। महाराज जनकने अन्तःपुरमें युवती स्त्रियों, नाना प्रकारके भोजन तथा भोग्य-पदार्थोंके द्वारा सौम्यवदन शुकदेवजीका आदर-सत्कार किया। वे भोग और भोज्यपदार्थ व्यास-पुत्र श्रीशुकदेवके मनको उसी प्रकार नहीं हर सके, जिस प्रकार मन्द पवन दृढ़तापूर्वक स्थित हुए पर्वतको चलायमान नहीं कर सकता। शुकदेवजी असङ्ग, समभावापन्न, निर्विकार, मौन और प्रसन्नचित्त होकर निर्मल पूर्णचन्द्रके समान स्थित रहे ॥ २१-२७ ॥

जब राजा जनकने इस प्रकार श्रीशुकदेवजीके स्वभावकी परीक्षा कर ली, तब उन्हें पास बुलाया और प्रसन्नचित्त देखकर उन्हें प्रणाम किया। उनका स्वागत करते हुए राजाने कहा—'आपने अपने सांसारिक कृत्योंको निःशेष कर दिया है, आपको सारे मनोरथ प्राप्त हैं; ऐसी स्थितिमें आपकी क्या अभिलाषा है?' श्रीशुकदेव मुनि बोले—'गुरुवर! मुझे शीघ्र और ठीक-ठीक बतलाइये कि यह जागतिक प्रपञ्च कैसे उत्पन्न होता है और किस प्रकार विलीन होता है?' महात्मा जनकने श्रीशुकदेवजीसे सारी बातें यथावत् बतलायीं, इन्हीं बातोंको उनके परम ज्ञानी पिता पहले ही बतला चुके थे। (इसपर शुकदेवजीने कहा—) 'मैंने स्वयं ही विशेषरूपसे इसे जाना था, पूछनेपर मेरे पिताजीने भी यही बातें मुझको बतलायीं। ज्ञानिश्रेष्ठ! आपने भी यही बात बतलायी और यही विषय शास्त्रोंमें भी दिखलायी देता है। मनके विकल्पसे प्रपञ्च उत्पन्न होता है और उस विकल्पके नाश होनेपर इसका नाश हो जाता है। निन्दनीय संसार निःसार है, यह निश्चित है। तब हे महाभाग! यह है क्या वस्तु? मुझे सत्य बात बतलाइये। जगत्के सम्बन्धमें भ्रान्त हुआ मेरा चित्त आपके द्वारा ही शान्तिको प्राप्त कर सकता है' ॥ २८–३५ ॥

राजा जनकने कहा—'शुकदेवजी! तुम सुनो, मैं सारे ज्ञान-विस्तारको कहता हूँ—जो समस्त ज्ञानका सार तथा रहस्योंका भी रहस्य है, एवं जिसके जाननेसे पुरुष शीघ्र ही मुक्तिको प्राप्त हो जाता है। दृश्य जगत् है ही नहीं—यह बोध हो जानेपर मनकी दृश्य-विषयसे परिशुद्धि हो जाती है। जब यह बोध परिपक्व हो जाता है, तब उससे निर्वाणरूपी परमा शान्ति प्राप्त होती है। वासनाओंका जो निःशेष परित्याग होता है, वही श्रेष्ठ त्याग है, उसी विशुद्ध अवस्थाको साधुजनोंने मोक्ष कहा है। पुनः, जो शुद्ध वासनाओंसे युक्त हैं तथा जिनका जीवन अनर्थोंसे शून्य है एवं जिन्हें ज्ञेयतत्त्व ज्ञात है, महाबुद्धिमान् शुकदेवजी! वे पुरुष जीवन्मुक्त कहलाते हैं। पदार्थ-भावनाकी दृढ़ता ही बन्ध कहलाती है और ब्रह्मन्! वासनाओंकी क्षीणताको ही मोक्ष कहा जाता है ॥ ३६–४१ ॥

'बिना तपःसाधन आदिके, स्वभावतः ही जिसे जगत्के भोग अच्छे नहीं लगते, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। यथासमय प्राप्त होनेवाले सुखों और दुःखोंमें अनासक्त हुआ जो न प्रसन्न होता है और न दुखी होता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। हर्ष, अमर्ष (उद्वेग), भय, क्रोध, काम और कार्पण्य(शोक)की दृष्टिसे जिसका अन्तःकरण अछूता रहता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो अहङ्कारमयी वासनाको सहज ही त्याग करके स्थित होता है, वह चित्तालम्बनका सम्यक् त्याग करनेवाला जीवन्मुक्त कहलाता है। जिसकी दृष्टि सदा अन्तर्मुखी रहती है, जिसको न किसी पदार्थकी आकाङ्क्षा होती है और न उपेक्षा, जो सुषुप्तिके समान स्थितिमें विचरण करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो सदा आत्मनि रत है, जिसका मन पूर्ण और पवित्र है, परमश्रेष्ठ शान्त अवस्थाको प्राप्तकर जो संसारमें किसी वस्तुकी इच्छा नहीं करता, जो किसीके प्रति आसक्ति न रखता हुआ उदासीन विचरण करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जिसका हृदयाकाश संवेद्य पदार्थोंके द्वारा तनिक भी लिप्तायमान नहीं होता, तथा चेतन संवित् ही जिसका स्वरूप है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। राग-द्वेष, सुख-दुःख, धर्माधर्म, फलाफलकी अपेक्षा न करके जो काम करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो अहंभावको छोड़कर, मान और मत्सर त्यागकर, निरुद्वेग और संकल्पहीन होकर कार्य करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो सर्वत्र स्नेहरहित होकर साक्षीके समान अवस्थित रहता है, तथा बिना किसी इच्छाके कर्तव्यमें लगा रहता है, वह जीवन्मुक्त है। जिसने धर्म और अधर्मको, जगत्के चिन्तनको तथा सारी इच्छाओंको अन्तःकरणसे परित्याग कर दिया है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। यह सारा दृश्य-प्रपञ्च, जो देखनेमें आता है—इसको जिसने भलीभाँति त्याग दिया है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। चरपरे, खट्टे, नमकीन, कड़वे, स्वादिष्ट तथा स्वादहीनको जो एक समान समझकर खाता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। बुढ़ापा, मृत्यु, विपत्ति, राज्य और दारिद्र्य—सबको रम्य मानकर जो उपभोग करता है, वह जीवन्मुक्त है। धर्म और अधर्म, सुख-दुःख, तथा जन्म और मरण—इनको जिसने हृदयसे पूर्णतः त्याग दिया है, वह जीवन्मुक्त है। जो समत्वपूर्ण तथा स्वच्छ बुद्धिसे, उद्वेग और आनन्दसे रहित होकर न शोक करता है न उत्साहित होता है, वह जीवन्मुक्त है। सारी इच्छाओं, सारी शङ्काओं, सारी कामनाओं और सारे निश्चयोंका जिसने मनसे परित्याग कर दिया है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जन्म, स्थिति और विनाशमें, उन्नति तथा अवनतिमें—सदा जिसका मन एक समान रहता है, वह जीवन्मुक्त है। जो न किसीसे द्वेष करता है और न किसीकी आकाङ्क्षा करता है, जो प्रारब्धप्राप्त भोगोंका उपभोग करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जिसने संसारका चिन्तन छोड़ दिया है, जो कलावान् होकर

भी निष्कल रहता है, चित्तके होते हुए भी निश्चित्त रहता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो सम्पूर्ण अर्थ-जालके मध्य व्यवहार करता हुआ उनसे उसी प्रकार निःस्पृह रहता है, जैसे पराये धनके विषयमें मनुष्य निःस्पृह रहता है, तथा जो आत्मामें ही पूर्णताका अनुभव करता है, वह जीवन्मुक्त है ॥ ४२–६२ ॥

'शरीरके काल-कवलित होनेपर वह जीवन्मुक्त अवस्थाको छोड़कर गतिहीन पवनके समान विदेहमुक्त अवस्थाको प्राप्त होता है। विदेहमुक्त अवस्थामें जीवकी न उन्नति होती है न अवनति होती है और न उसका लय ही होता है; वह अवस्था न सत् है, न असत् है और न दूरस्थ है। उसमें न अहंभाव है और न परायाभाव है। विदेहमुक्ति गम्भीर, स्तब्ध अवस्था होती है; उसमें न तेज व्याप्त होता है और न अन्धकार। उसमें अनिर्वचनीय, और अभिव्यक्त न होनेवाला एक प्रकारका सत् अवशिष्ट रहता है। वह न शून्य होता है न आकारयुक्त होता है, न दृश्य होता है और न दर्शन होता है। उसमें ये भूत और पदार्थोंके समूह नहीं होते—केवल सत् अनन्तरूपमें अवस्थित होता है। वह ऐसा अद्भुत तत्त्व होता है कि जिसके स्वरूपका निर्देश नहीं किया जा सकता। उसकी आकृति पूर्णसे भी पूर्णतर होती है। वह न सत् होता है न असत्, और न सत्-असत् दोनों होता है; न भाव होता है और न भावना; वह चेतनामात्र होता है परंतु चित्तविहीन होता है, अनन्त होता है। अजर होता है परंतु शिवस्वरूप, कल्याणकारी होता है। उसका आदि, मध्य और अन्त नहीं होता। वह अनादि तथा दोषहीन होता है। द्रष्टा, दृश्य और दर्शनकी त्रिपुटीमें वह केवल दर्शनस्वरूप माना जाता है। शुकदेव मुनि! इस विषयमें इसके अतिरिक्त कोई दूसरा निश्चय नहीं किया जा सकता। तुमने इस तत्त्वको स्वयं ही जान लिया है तथा अपने पितासे भी सुना है कि जीव अपने सङ्कल्पसे ही बन्धनमें पड़ता है और सङ्कल्पहीन होनेपर मुक्त हो जाता है। अतएव तुमने स्वयं उस तत्त्वको जान लिया, जिसको जान लेनेपर इस संसारमें महात्माओंको समस्त दृश्योंसे अथवा भोगोंसे विरति उत्पन्न हो जाती है। तुमने पूर्ण चेतनामें स्थिति लाभकर समस्त प्राप्तव्य वस्तुको प्राप्त कर लिया है। तुम तपःस्वरूपमें स्थित हो। ब्रह्मन्! तुम मुक्त हो, भ्रान्तिको छोड़ो। शुकदेवजी! बाहर तथा अत्यन्त बाहर, अन्तःकरणमें तथा उसके भी भीतर देखते हुए भी तुम नहीं देखते; तुम पूर्ण कैवल्य-स्थितिमें साक्षिमात्र रहते हो' ॥ ६३—७३ ॥

तदुपरान्त श्रीशुकदेवजी शोक, भय और श्रमसे रहित होकर, संशयहीन और निष्काम हो, परतत्त्वस्वरूप आत्मामें स्थित होकर चुपचाप विश्रामको प्राप्त हुए। अखण्ड समाधिके लिये वे सुमेरु-पर्वतके शिखरकी ओर लौट गये। वहाँ सहस्रों वर्षोंतक, स्नेहहीन दीपकके समान उन्होंने आत्मदेशमें स्थित हो निर्विकल्प समाधिके द्वारा शान्तिलाभ किया। सङ्कल्परूपी दोषोंसे रहित, शुद्धस्वरूप, पवित्र और निर्मल आत्मपदमें वे महात्मा शुकदेवजी वासनाविहीन होकर उसी प्रकार एकत्वको प्राप्त हुए, जिस प्रकार सलिल-कण समुद्रमें विलीन होकर उसमें एकताको प्राप्त होता है ॥ ७४—७७ ॥

॥ द्वितीय अध्याय समाप्त ॥ २ ॥

ॐ

तृतीय अध्याय

निदाघके वैराग्यपूर्ण उद्गार

निदाघ नामके एक मुनीश्वर बालक अपने पितासे आज्ञा प्राप्तकर अकेले तीर्थयात्राके लिये निकले। साढ़े तीन करोड़ तीर्थोंमें स्नान करके अपने घर लौटे तथा घर लौटकर उन महायशस्वीने अपने पिता ऋभु मुनिसे अपना सब समाचार कह सुनाया। [उन्होंने कहा—] 'पिताजी! साढ़े तीन करोड़ तीर्थोंमें स्नान करनेसे जो पुण्य हुआ है, उसके फलस्वरूप मेरे मनमें इस प्रकारके विचार प्रकट हुए हैं। संसार उत्पन्न होता है, नष्ट हो जाता है और नष्ट होता है पुनः उत्पन्न होनेके लिये। समस्त चर और अचर प्राणियोंकी चेष्टाके साथ यह प्रपञ्च अस्थिर है, क्षणस्थायी है। ऐश्वर्यकी भूमिमें (उत्पन्न होनेवाले) ये पदार्थ सारी आपदाओंके हेतु हैं। लोहेकी सलाईके समान एक दूसरेसे अलग रहते हुए ये पदार्थ केवल इस मानसिक कल्पनारूपी चुम्बकके द्वारा एकत्र होते हैं। जिस प्रकार पथिकको मरुस्थलमें चलते-चलते विरति हो जाती है, उसी प्रकार मेरी इन पदार्थोंमें अरति हो गयी है। ये जागतिक पदार्थ मुझे दुःखमय प्रतीत होने लगे हैं। अब इस दुःखका शमन कैसे होगा—यह सोच-सोचकर मेरा हृदय सन्तप्त हो रहा है। ये धन, जिनके पीछे चिन्ताओंके समूह चक्रके समान भ्रमण करते रहते हैं, मुझे आनन्द नहीं प्रदान करते। स्त्री-पुत्रादि मानो उग्र आपदाओंके निकेतन हैं। मुनीश्वर! संसारमें उदार रूपमें स्थित, अत्यन्त कोमलाङ्गी जो ये श्रीलक्ष्मीजी हैं, वे भी परम मोहकी ही हेतु हैं। निश्चय ही वे भी आनन्द प्रदान करनेवाली नहीं हैं। मनुष्यकी आयु पल्लवके कोणके अग्रभागमें लटकते हुए जलकणके समान क्षणभङ्गुर है। इस तुच्छ शरीरको असमय ही छोड़कर उन्मत्तके समान मुझे जाना ही पड़ेगा। विषयरूपी सर्पके सङ्गसे जिनका चित्त जर्जर हो गया है, तथा जिनको प्रौढ आत्मविवेक नहीं हुआ है, उनके लिये जीवन कष्टका ही हेतु बनता है। वायुको लपेटना बनता है, आकाशको खण्ड-खण्ड करना बनता है, लहरोंको गूँथना बनता है, परंतु जीवनमें आस्था रखना नहीं बनता। जिसके द्वारा प्राप्य वस्तुको सम्यक् रीतिसे प्राप्त कर लिया जाता है, जिसके कारण पुनः शोक नहीं करना पड़ता, जिसमें परा शान्ति प्राप्त कर ली जाती है, वही जीवन कहलाता है। यों तो वृक्ष भी जीते हैं, मृग और पक्षी भी जीते हैं; किंतु वस्तुतः वही जीता है, जिसका मन आत्मचिन्तनमें लगा हुआ है। इस संसारमें उत्पन्न हुए उन्हीं जीवोंका जीवन श्रेष्ठ है, जो पुनः आवागमनमें नहीं पड़ते; शेष तो बूढ़े गधेके समान हैं। ज्ञानी पुरुषके लिये शास्त्र भारस्वरूप हैं, रागी पुरुषके लिये ज्ञान भारस्वरूप है, अशान्त पुरुषका मन भारस्वरूप होता है; और जो आत्मज्ञ नहीं हैं, उनके लिये यह शरीर भाररूप है। अहङ्कारके कारण विपत्ति आती है, अहङ्कारके कारण दुष्ट मनोव्याधियाँ उत्पन्न होती हैं। अहङ्कारके कारण कामनाएँ उत्पन्न होती हैं। अहङ्कारसे बढ़कर मनुष्यका कोई दूसरा शत्रु नहीं है। अहङ्कारके वश होकर चर और अचर-रूप जिन-जिन भोगोंको मैंने भोगा है, वे सब-के-सब अवस्तु अर्थात् मिथ्या भ्रमरूप थे। वस्तु तो केवल अहङ्कारशून्यता ही है। यह मन व्यग्र होकर इधर-उधर व्यर्थ ही दौड़ता है, व्यर्थ ही दूर-दूरतक जाता है; इसका ढंग गाँवमें घूमनेवाले कुत्तेके-जैसा है। तृष्णारूपी कुतियाके पीछे-पीछे भटकनेवाले कुत्तेके समान इस क्रूर मनके वशीभूत होकर मैं जड हो गया था। ब्रह्मन्! अब मैं उसकी दासतासे मुक्त हो गया हूँ। ब्रह्मन्! चित्तका निग्रह करना समुद्र-पानसे भी कठिन है, सुमेरु-पर्वतको उखाड़ फेंकनेसे भी दुष्कर है तथा अग्नि-भक्षणसे भी विषम कार्य है। बाह्य तथा आभ्यन्तर विषयोंका हेतु चित्त है; उसके आधारपर ही जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—इन तीनों प्रकारके जगत्की स्थिति है। चित्तके क्षीण होनेपर संसार क्षीण हो जाता है। अतएव प्रयत्नपूर्वक चित्तकी ही चिकित्सा होनी चाहिये॥ १—२१॥

'मुनीश्वर! जिन-जिन श्रेष्ठ गुणोंका मैं आश्रय लेता हूँ, मेरी तृष्णा उन-उन गुणोंको उसी प्रकार काट डालती है, जैसे दुष्ट चुहिया वीणाके तारको काट डालती है। यह तृष्णा चञ्चल बंदरीके समान अलङ्घनीय स्थलमें भी अपना पैर जमाना चाहती है, तृप्त होनेपर भी विविध फलोंकी इच्छा करती है, एक स्थानपर चिरकालतक नहीं ठहरती। क्षणमात्रमें पाताल पहुँचती है और क्षणभरमें आकाशकी सैर करती है, क्षणभरमें दिशा-रूपी कुञ्जोंमें घूमने लगती है; यह तृष्णा हृदय-कमलमें विचरण करनेवाली भ्रमरी है। संसारके सारे दुःखोंमें यह तृष्णा ही दीर्घ दुःख देनेवाली है, जो अन्तःपुरमें रहनेवालोंको भी अत्यन्त सङ्कटमें डाल देती है। तृष्णारूपी महामारीका नाश

करनेवाला मन्त्र है—चिन्ताका त्याग करना। ब्राह्मण! थोड़ा भी चिन्ताका त्याग करनेसे आनन्दकी प्राप्ति होती है और थोड़ी भी चिन्ता करनेसे दुःख प्राप्त होता है। शरीरके समान गुणहीन, नीच तथा शोचनीय वस्तु कोई नहीं है। अहङ्कार-रूपी गृहस्थका यह शरीर महागृह है। पिताजी! यह नष्ट हो जाय या चिरकालतक रहे—इससे मुझे क्या? इन्द्रियरूपी पशु जिसमें पंक्तिमें बँधे हुए हैं, जिस घरके प्राङ्गणमें तृष्णा चलती-फिरती है, चित्तवृत्तिरूपी भृत्यजनोंसे जो समाकीर्ण है—ऐसा यह शरीररूपी गृह मुझे इष्ट नहीं, प्रिय नहीं। यह मुखरूपी द्वार जिह्वारूपी बंदरीसे आक्रान्त होकर भयानक बन रहा है। जिसके द्वारपर दाँतरूपी हड्डीके टुकड़े दिखलायी पड़ रहे हैं—ऐसा यह शरीररूपी गृह मुझे इष्ट नहीं, प्रिय नहीं। हे मुनीश्वर! भीतर और बाहर रक्त और मांससे व्याप्त, केवल विनाशशील इस शरीरमें रम्यता कहाँ है, बतलाइये तो? शरत्कालीन बादलोंकी बिजलीमें तथा गन्धर्वनगरीमें यदि किसीने स्थिरता निश्चित की है, तो वह इस शरीरकी स्थिरतामें विश्वास कर सकता है। बाल्यावस्थामें गुरुसे, माता-पितासे, बड़े लड़कोंसे तथा अन्य लोगोंसे डर लगता है; अतएव शैशव भयका घर है। (युवावस्थामें) अपने चित्तरूपी गुफामें रहनेवाले, नाना प्रकारके भ्रमोंमें डालनेवाले इस कामरूपी पिशाचसे बलात् विवश होकर मनुष्य पराजित हो जाता है। बुढ़ापेमें उन्मत्तके समान काँपते हुए मनुष्यको देखकर दास, पुत्र और स्त्रियाँ, बन्धु तथा मित्रगण हँसा करते हैं। बुढ़ापेमें असमर्थताके कारण लालसा बहुत अधिक बढ़ जाती है। यह बुढ़ापा हृदयमें दाह प्रदान करनेवाली सारी आपदाओंकी प्रिय सहेली है। संसारमें जिस सुखकी भावना की जाती है, वह कहाँ है? आयुको तृणके समान पाकर काल उसे काटता ही जा रहा है। छोटेसे तृण तथा रजःकणको महेन्द्र तथा स्वर्णमय सुमेरु पर्वतको सर्षप (सरसों) बना देनेवाला यह सर्वसंहारी काल अपना पेट भरनेके लिये सबको आत्मसात् करनेको उद्यत है। तीनों लोक कालके द्वारा आक्रान्त हैं॥ २२–३८॥

'यन्त्रके समान चञ्चल अङ्गरूपी पिंजरेमें मांसकी पुतलीके समान, स्नायु तथा अस्थिकी ग्रन्थियोंसे निर्मित स्त्रीके शरीरमें कौन-सी वस्तु है, जिसे सुन्दर कहा जाय? नेत्रमें स्थित त्वचा, मांस, रक्त, आँसू—इनको अलग-अलग करके देखो; इनमें कौन-सी वस्तु रम्य है? फिर व्यर्थ ही क्यों मोहको प्राप्त हो रहे हो। मेरु-पर्वतके शिखरोंके तटसे समुल्लसित होनेवाली गङ्गाजीकी चञ्चल गतिके समान, हे मुनि! मुक्ताहारका सम्यक् उल्लास जिसमें देखा गया है, काल आनेपर उस ललनाके स्तनको श्मशानके कोनेमें मांसके छोटे पिण्डके रूपमें कुत्ते खाया करते हैं! केश और काजल धारण करनेवाली तथा देखनेमें प्रिय लगनेवाली होनेपर भी जिनका स्पर्श दुःखदायी होता है, वे दुष्कृतिरूप अग्निकी शिखाके समान नारियाँ पुरुषको तृणके सदृश जला डालती हैं। स्त्रियाँ बहुत दूरपर जलनेवाली नरकाग्नियोंकी सुन्दर और दारुण इन्धनस्वरूपा हैं; वे सरस प्रतीत होनेपर भी वस्तुतः नीरस हैं। काम नामके किरातने पुरुषरूपी मृगोंके अङ्गोंको बन्धनमें बाँधनेके लिये स्त्रीरूपी जाल फैला रक्खा है। पुरुष जो जीवनरूपी तलैयाके मत्स्य हैं और चित्तरूपी कीचड़में विचरण करते हैं; उनको फँसानेके लिये नारी दुर्वासनारूपी रज्जुमें बँधी बंसीमें पिण्डिका (चारे)-के समान है। यह सारे दोषरूपी रत्नोंको उत्पन्न करनेवाला समुद्र ही है। यह दुःखोंकी शृङ्खला हमसे सदा दूर ही रहे। जिसके स्त्री है, उसे भोगेच्छा उत्पन्न होती है। जिसे स्त्री नहीं, उसके लिये भोगका हेतु क्या हो सकता है? जिसने स्त्रीको छोड़ दिया, उसका संसार छूट गया और संसारको छोड़कर ही मनुष्य सुखी बन सकता है॥ ३९–४८॥

'दिशाएँ भी नहीं दीख पड़तीं, देश भी दूसरेके लिये उपदेशप्रद बन जाते हैं, अर्थात् काल-कवलित हो जाते हैं, पर्वत भी चूर-चूर हो जाते हैं, तारे भी टूक-टूक होकर गिर जाते हैं। समुद्र भी सूख जाते हैं, ध्रुव नक्षत्रका जीवन भी अस्थायी होता है। सिद्ध पुरुष भी नाशको प्राप्त होते हैं, दानवादि भी जराग्रस्त हो जाते हैं। चिरकालस्थायी ब्रह्मा तथा अजन्मा विष्णुभगवान् भी अन्तर्धान हो जाते हैं। सारे भाव अभावको प्राप्त होते हैं, दिशाओंके अधिपति भी जीर्ण-शीर्ण हो जाते हैं। बड़े-बड़े देवता तथा सारे प्राणिवर्ग, जैसे जल बडवानलकी ओर दौड़ता है, उसी प्रकार विनाशकी ओर दौड़ते हैं। क्षणभरमें आपदाएँ आ घेरती हैं और क्षणमें सम्पदाएँ आ जाती हैं। क्षणभरमें जन्म होता है और क्षणमें ही मृत्यु हो जाती है। यह समस्त प्रपञ्च नश्वर है। इस विश्वमें कायर पुरुषके द्वारा शूरवीर मारे जाते हैं। एकके द्वारा सैकड़ोंका विनाश होता है। विषय-वासनाके कारण चित्तकी विषमता ही विष है, विष विष नहीं कहलाता; क्योंकि विष एक जन्मका विनाश करता है और विषय जन्म-जन्मान्तरको नष्ट कर देते हैं। इस समय इस दोषरूपी दावानलसे दग्ध मेरे चित्तमें ऐसा भान हो रहा है। मृगतृष्णा-के सरोवरमें खड़े होनेपर भी मुझमें भोगाशाकी स्फुरणा नहीं होती। अतएव हे गुरुवर! आप तत्त्वज्ञानके द्वारा मुझे शीघ्र ही बोध प्रदान कीजिये। नहीं तो मान और मत्सरको छोड़-कर, चित्तमें भगवान् विष्णुका स्मरण करते हुए मैं चित्र-लिखितकी भाँति रहकर मौन धारण कर लूँगा'॥ ४९–५७॥

॥ तृतीय अध्याय समाप्त॥ ३ ॥

ॐ

चतुर्थ अध्याय

निदाघके प्रति उनके पिता ऋभुका उपदेश

निदाघ मुनिकी बात सुनकर उनके पिता ऋभु मुनि बोले—'ज्ञानियोंमें श्रेष्ठ निदाघ मुनि ! तुम्हारे लिये अब कुछ अन्य ज्ञातव्य नहीं रह गया है। तुम ईश्वरकी कृपासे अपनी प्रज्ञासे ही सब कुछ जान गये हो। तथापि चित्तकी मलिनतासे उत्पन्न तुम्हारे भ्रमको, हे मुनि ! मैं दूर करूँगा। मोक्षद्वारके चार द्वारपाल बतलाये गये हैं—शम, विचार, सन्तोष और चौथा सत्सङ्ग। पूर्ण यत्नपूर्वक सब कुछ छोड़कर इनमें एकका भी आश्रय पकड़ ले। एकको वशमें करनेसे शेष तीनों वशमें हो जाते हैं। पहले संसार-बन्धनसे मुक्त होनेके लिये शास्त्रोंके द्वारा, तप और दमके द्वारा तथा सत्सङ्गके द्वारा अपनी प्रज्ञाको बढ़ाये। आत्मानुभव, शास्त्र तथा गुरुके वचनोंकी एकवाक्यताके अभ्याससे निरन्तर आत्मचिन्तन किया जाता है। यदि निरन्तर तुम सङ्कल्प और आशाके अनुसन्धानका त्याग करते हो तो तुम्हें वह पवित्र अचित्तत्व—कैवल्य प्राप्त ही है। चित्तका जो अकर्तृत्व है, वही चित्तकी वृत्तियोंका निरोध अर्थात् समाधि कहलाता है। यही केवल-अवस्था है और यही परम कल्याणरूपा परा शान्ति कहलाती है। संसारके समस्त पदार्थोंमें आत्मभावनाका भलीभाँति मनसे परित्याग करके तुम संसारमें गूँगे, अंधे और बहिरे-से होकर रहो। 'सब कुछ प्रशान्त है, एक है, अजन्मा है, आदि-मध्य-हीन है, सब ओर प्रकाशयुक्त है, केवल अनुभवरूप है, अचित्त है, सब कुछ प्रशान्त है'—इत्यादि जो शब्दमयी दृष्टि है, वह व्यर्थ है। आत्मबोधमें बाधक ही है। जो कुछ भी यह दृश्य प्रपञ्च है, तत्त्वतः सब प्रणवरूप है। जो कुछ भी दृश्य यहाँ दिखलायी देता है, वह चिद्-जगत्में दिखलायी देता है। वह चित्के निष्पन्दका एक अंशमात्र है। अतएव चित्से अतिरिक्त कुछ नहीं है—ऐसी भावना करो। तुम नित्य प्रबुद्धचित्त होकर सांसारिक कार्योंको करते हुए भी आत्माके एकत्वको जानकर प्रशान्त महासिन्धुके समान निश्चल बने रहो ॥१–११॥

'वासनारूपी तृणको दग्ध करनेवाला अग्नि यह आत्म-ज्ञान ही है। इसे ही 'समाधि' शब्दसे लक्षित करते हैं। चुपचाप बैठे रहना समाधि नहीं है। जिस प्रकार रत्नके इच्छारहित होकर पड़े रहनेपर भी लोग उसकी ओर आकर्षित होते हैं, उसी प्रकार सत्तामात्र परतत्त्वकी ओर सारा जगत् आकर्षित होता है। अतएव हे मुनि ! आत्मामें कर्तृत्व और अकर्तृत्व दोनों हैं। इच्छारहित होनेके कारण आत्मा अकर्ता है और सन्निधिमात्रसे वह कर्ता है। मुनि ! कर्तृत्व और अकर्तृत्व—ये दोनों ब्रह्ममें पाये जाते हैं। जिसमें यह चमत्कार है, उसका आश्रय लेकर स्थिर हो जाओ। अतएव 'मैं नित्य ही अकर्ता हूँ' इस प्रकारकी प्रबल भावनासे युक्त होनेपर केवल परम अमृता नामकी समता ही अवशिष्ट रहती है। निदाघ ! सुनो; जो सत्त्वमें स्थित होकर इस लोकमें जन्मे हैं, वे महान् गुणी हैं। उनकी सदा ही उन्नति होती है तथा वे आकाशमें चन्द्रमाओंके समान सदा प्रसन्न रहते हैं ॥ १२–१७ ॥

'सत्त्वस्थ पुरुष रात्रिमें स्वर्णकमलकी भाँति विपत्तिमें कुम्हलाते नहीं। वे प्राप्त भोगके सिवा अन्य वस्तुकी आकाङ्क्षा नहीं करते और शास्त्रोक्त मार्गमें विचरण करते हैं। वे स्वभावतः ही मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा प्रभृति गुणोंसे सुशोभित रहते हैं। सौम्य! वे समभावमें रहते हुए निरन्तर साधुवृत्तिमें एकरस बने रहते हैं। समुद्रके समान मर्यादाको छोड़कर वे विशालहृदय हो जाते हैं। वे महात्मा सूर्यनारायण-के समान नियति-पथपर (नियमानुकूल) चलते रहते हैं। 'मैं कौन हूँ, यह विस्तृत जगत्प्रपञ्च कैसे उत्पन्न हुआ'—संतजनोंके साथ प्राज्ञपुरुष यत्नपूर्वक इन प्रश्नोंपर विचार करे। वह अकार्यमें न लगे, तथा अनार्य पुरुषका सङ्ग न करे; सबका संहार करनेवाले मृत्युको उपेक्षाकी दृष्टिसे न देखे। शरीर, अस्थि, मांस तथा रक्त आदिको घृणास्पद समझकर उनकी उपेक्षा करे तथा प्राणिसमुदायरूपी मोतियोंकी लड़ियोंमें सूत्रके समान पिरोये हुए चिदात्मापर ही दृष्टि रक्खे। उपादेय वस्तुकी ओर दौड़ना तथा हेयवस्तुका सर्वथा त्याग कर देना—यह जो मनका स्वरूप है, वह वाह्य है, आभ्यन्तर नहीं; इसको जान लो। चिद्घनके विषयमें गुरु और शास्त्रके द्वारा बतलाये हुए मार्गसे तथा अपनी अनुभूतिसे 'मैं ब्रह्म ही हूँ'—यों जानकर मुनि शोकविहीन हो जाय। इस अवस्थामें शतशः तीक्ष्ण कृपाणके आघात कमलके कोमल आघातके समान सह्य हो जाते हैं, अग्निके द्वारा दाह हिम-

स्नानके समान सह्य हो जाता है, अँगारोंपर लोटना चन्दनके लेपके समान शीतल लगता है, निरन्तर बाणोंके समूहका शरीरपर गिरना गर्मीको शान्त करनेवाले धाराग्रह (फव्वारे) के जलकणों-की वर्षाके समान मनोरञ्जक बन जाता है, अपने सिरका काटा जाना सुखप्रद निद्राके समान, (जीभ आदि काटकर) गूँगा कर दिया जाना मुखके मूँद दिये जानेके समान तथा बधिरता महान् उन्नतिके समान लगती है; पर यह अवस्था उपेक्षासे नहीं प्राप्त होती। दृढ़ वैराग्यजन्य आत्मज्ञानसे यह प्राप्त होती है। गुरुके उपदेशानुसार स्वानुभूति आदिके द्वारा जो अन्तःकरणकी शुद्धि होती है, उसके अभ्यासद्वारा निरन्तर आत्मसाक्षात्कार किया जाता है। जिस प्रकार दिग्भ्रमके नष्ट हो जानेपर पहलेके समान ही दिशाका बोध होने लगता है, उसी प्रकार विज्ञानके द्वारा विध्वस्त हो जानेपर जगत् नहीं रहता—इस प्रकारकी भावना करनी चाहिये। न धनसे पुरुषका उपकार होता है, न मित्रोंसे और न बान्धवोंसे। न शारीरिक क्लेशके दूर होनेपर और न तीर्थस्थानमें वास करनेसे पुरुष उपकृत होता है। केवल चिन्मात्रमें विलीन होनेपर ही परम पद प्राप्त हो सकता है॥ १८—२८॥

'जितने दुःख हैं, जितनी तृष्णाएँ हैं तथा जितनी दुःसह दुश्चिन्ताएँ हैं, शान्तचित्त पुरुषोंमें वे सब उसी प्रकार नष्ट हो जाती हैं, जिस प्रकार रवि-किरणोंमें अन्धकार नष्ट हो जाता है। इस संसारमें शमसे युक्त पुरुषका कठोर और मृदु—सभी प्राणी उसी प्रकार विश्वास करते हैं जैसे माताका पुत्र विश्वास करते हैं। अमृतके पान करनेसे तथा लक्ष्मीके आलिङ्गनसे वैसा सुख नहीं प्राप्त होता, जैसा सुख मनुष्य मनकी शान्तिसे पाता है। शुभाशुभको सुनकर, स्पर्श करके, भोजन करके, देखकर तथा जानकर जिसे न हर्ष होता है और न दुःख होता है, वह शान्त कहलाता है। चन्द्रमण्डलके समान जिसका मन स्वच्छ है तथा मृत्यु, उत्सव तथा युद्धमें जिसका मन अधीर नहीं होता, वह शान्त कहलाता है। तपस्वियोंमें, बहुश्रुतोंमें, यज्ञ करने-वालोंमें, राजाओंमें, वनवासियोंमें तथा गुणीजनोंमें शमशील ही सुशोभित होता है। सन्तोषरूपी अमृतका पान करके जो शान्त एवं तृप्त हो जाते हैं, वे ही आत्मामें रमण करनेवाले महात्मा परमपदको प्राप्त होते हैं। जो अप्राप्त वस्तुके लिये चिन्ता नहीं करता तथा सम्प्राप्त वस्तुमें सम रहता है, जिसने दुःख और सुखको नहीं देखा है—वही सन्तुष्ट कहलाता है। जो अप्राप्त वस्तुकी कामना नहीं करता, और प्राप्त वस्तुका ही यथेच्छ भोग करता है, वह सौम्य और समान भावसे आचरण करनेवाला पुरुष सन्तुष्ट कहलाता है। अन्तःपुरके आँगनमें ही जिस प्रकार साध्वी स्त्री प्रसन्न रहती है, उसी प्रकार यथाप्राप्तमें ही जब बुद्धि रमने लगती है, तब वह स्वरूपानन्द प्रदान करनेवाली जीवन्मुक्तावस्था कहलाती है। समयानुसार, शास्त्रानुसार, देशानुसार, सुखपूर्वक, जहाँ-तक हो सके सत्सङ्गमें विचरण करते हुए इस मोक्षपथके क्रमका तबतक बुद्धिमान् पुरुष विचार करे, जबतक उसे आत्मविश्रान्ति प्राप्त न हो जाय। गृहस्थ हो या संन्यासी, जो तुरीयावस्थाकी विश्रान्तिसे युक्त है तथा संसार-सागरसे निवृत्त हो चुका है, वह चाहे जागतिक जीवनमें रहे या न रहे, उसे करने अथवा न करनेसे कोई प्रयोजन नहीं। श्रुति-स्मृतिके भ्रमजालसे उसे कोई मतलब नहीं। मन्दराचलसे विहीन (क्षोभरहित) समुद्रके समान वह आत्मस्थ होकर स्थित रहता है॥ २९—४१॥

'जब त्वमात्मक दृश्यको आत्मरूप देखनेवाली शुद्ध सर्वात्मवेदना उदय होती है, तब दिशा और कालमें फैला हुआ सारा बाह्य जगत् चिद्रूपात्मक प्रतीत होता है। इस प्रकार जहाँ जिस रूपमें आत्मा समुल्लसित होता है, वहाँ शीघ्र उसी रूपमें वह स्थित हो जाता है और तद्रूपमें ही विराजमान होता है। जो कुछ यह समस्त स्थावर और जङ्गमात्मक जगत् दिखलायी देता है, वह प्रलयकालमें उसी प्रकार विनाशको प्राप्त हो जाता है, जैसे सुषुप्तिमें स्वप्न विलीन हो जाता है। आत्मा ऋत (यज्ञ)-स्वरूप है, परब्रह्म है, सत्यस्वरूप है—इत्यादि संज्ञाएँ महात्माओं तथा ज्ञानीजनोंने व्यवहारके लिये कल्पित की हैं। जिस प्रकार 'कङ्कण' शब्द और उसका अर्थ स्वर्णसे पृथक् कोई सत्ता नहीं रखता, तथा कङ्कणमें स्थित स्वर्ण कङ्कणसे पृथक् सत्ता नहीं रखता, उसी प्रकार 'जगत्' शब्दका अर्थ परब्रह्म ही है। उस परब्रह्मने जगत्के रूपमें यह इन्द्रजाल फैलाया है। द्रष्टाका दृश्यके अन्तर्भूत होकर रहना ही बन्धन कहलाता है। दृश्यके वशमें होनेसे द्रष्टा बद्ध होता है और दृश्यके अभावमें वह मुक्ति प्राप्त करता है। जगत् और मैं-तू इत्यादिरूप जो सृष्टि है, वह दृश्य कहलाती है। संसारमें सारा प्रपञ्चरूपी इन्द्रजाल मनके द्वारा ही फैलता है; जबतक मनकी यह कल्पना चलती रहती है, तबतक मोक्षके दर्शन नहीं होते। यह विश्व स्वयंभू ब्रह्माकी मानसिक सृष्टि है, अतएव यावत् परिदृश्यमान जगत् मनोमय ही है। बाहर अथवा हृदयके भीतर, कहीं भी मन सद्रूपमें अवस्थित नहीं है। जो विषयोंका भान होना है, वही मन कहलाता है। सङ्कल्प करना ही मनका लक्षण है, मन सङ्कल्परूपमें ही रहता

है; अतएव जो सङ्कल्प है, वही मन है—यह जान लेना चाहिये। किसीने कभी सङ्कल्प और मनको पृथक् नहीं किया, सारे सङ्कल्पोंके गल जानेपर केवल आत्मस्वरूप ही अवशिष्ट रहता है। मैं, तू और जगत् इत्यादि दृश्य-प्रपञ्चके प्रशान्त हो जानेपर, दृश्य जब सत्ताको (परतत्त्वको) प्राप्त होता है, तभी वैसा कैवल्य प्राप्त होता है। जब महाप्रलयके समय समस्त दृश्य सत्ताहीन हो जाता है, उस समय सृष्टिके पूर्वकालमें केवल शान्त आत्मा ही अवशिष्ट रहता है। जो आत्मसूर्य कभी अस्त नहीं होते, जो जन्मरहित तथा सर्वदोषविवर्जित देव हैं, सर्वदा सर्वकर्ता तथा सर्वस्वरूप हैं, जहाँ वाणी जाकर लौट आती है, जिन्हें मुक्त पुरुष ही जानते हैं, तथा जिनकी आत्मा आदि संज्ञाएँ कल्पित हैं, स्वाभाविक नहीं, वे ही परमात्मा कहलाते हैं ॥ ४२—५७ ॥

'चित्ताकाश, चिदाकाश और तीसरा (भौतिक) आकाश है। हे मुनि ! आकाश और चित्ताकाशसे भी सूक्ष्मतर चिदाकाशको जानो। मुनिपुङ्गव ! एक देशसे दूसरे देशमें जानेपर जो बीचमें चित्तका व्यवधान है, उस (बाध) का निमेष होनेपर चिदाकाश ही अवशिष्ट रहता है, यह जानना चाहिये। उस चिदाकाशमें यदि समस्त सङ्कल्पोंको निरस्त करके स्थित होते हो तो निःसन्देह सर्वात्मक शान्त पदको प्राप्त होओगे। चिदाकाशमें स्थित होनेपर जो सुन्दर औदार्य और वैराग्य-रससे युक्त आनन्दमयी अवस्था प्राप्त होती है, उसे समाधि कहते हैं। दृश्य पदार्थोंकी सत्ता ही नहीं है—जब इस प्रकारका बोध होता है तथा राग-द्वेषादि दोष क्षीण हो जाते हैं, उस समय अभ्यासबलसे जो एकाग्र-रति उत्पन्न होती है, उसे समाधि कहते हैं। दृश्यकी सत्ताका अभाव जब बोधमें आता है, तब वही निश्चयपूर्वक ज्ञानका स्वरूप है। वही चिदात्मक ज्ञेयतत्त्व है, वही केवलीभाव अर्थात् आत्मकैवल्य है; उसके अतिरिक्त अन्य सब कुछ मिथ्या है। जिस प्रकार उन्मत्त ऐरावत हाथीका सरसोंके एक कोनेके छिद्रमें बाँधा जाना संभव नहीं, सिंहोंके साथ एक धूलिकणके कोटरमें मच्छरोंका युद्ध करना असंभव है तथा कमलकी पंखड़ीमें स्थापित सुमेरु-पर्वतका भ्रमरशिशुके द्वारा निगला जाना असम्भव कथा है, उसी प्रकार निष्पाप ! इस जगत्का अस्तित्वमें आना सम्भव नहीं; इसे तुम केवल भ्रमात्मक जानो। राग-द्वेष आदि क्लेशोंसे दूषित चित्त ही संसार है; वही चित्त जब दोषोंसे विनिर्मुक्त हो जाता है, तब इसे संसारका अन्त अर्थात् मोक्षकी प्राप्ति कहते हैं। मनसे शरीरकी भावना करनेपर ही आत्मा शरीरी बनता है; जब वह देहवासनासे मुक्त होता है, तब देहके धर्मोंसे लिप्यमान नहीं होता। मन कल्पको क्षण बना देता है और क्षणमें कल्पत्वको आभासित करता है। यह संसार केवल मनोविलास मात्र है—यह मेरी निश्चित मति है ॥ ५८—६८ ॥

'जो दुश्चरितसे विरत नहीं हुआ है, जो अशान्त है, समाहित (एकाग्रचित्त) नहीं है तथा जिसका चित्त शान्त नहीं हुआ है, ऐसे मनुष्यको आत्मबोध नहीं होता। प्रकृष्ट कैवल्यज्ञानके द्वारा ही आत्मसाक्षात्कार किया जा सकता है। उस आनन्दमय, द्वन्द्वातीत, निर्गुण, सत्स्वरूप, चिद्घन ब्रह्मको अपना स्वरूप समझ लेनेपर पुरुष कदापि भयको नहीं प्राप्त होता। जो श्रेष्ठसे भी श्रेष्ठतर, महान्से भी महान्, तेजोमय स्वरूपवाला, शाश्वत, शिवस्वरूप (कल्याणकारी), सर्वज्ञ, पुराणपुरुष, सनातन, सर्वेश्वर, एवं सब देवताओंके द्वारा उपास्य है, वह ब्रह्म मैं हूँ—इस प्रकारका निश्चय महात्माओंके लिये मोक्षका हेतु बनता है। बन्ध और मोक्षके दो ही कारण बनते हैं, ममता और ममताशून्यता। ममतासे प्राणी बन्धनमें पड़ता है और ममतारहित होनेपर मुक्त हो जाता है। जीव और ईश्वररूपसे, ईक्षण (ब्रह्मके संकल्प)से लेकर संकल्पके त्यागतक, सारी जड तथा चेतनात्मक सृष्टि ईश्वरके द्वारा कल्पित हुई है। जाग्रदवस्थासे लेकर मोक्षकी प्राप्तितक समस्त संसार जीवके द्वारा कल्पित है। कठोपनिषद्के त्रिणाचिकेताग्निसे लेकर श्वेताश्वतरके योगतकके ज्ञान ईश्वरीय भ्रान्तिके आश्रित हैं। लोकायत अर्थात् चार्वाक-सिद्धान्तसे लेकर कपिलके सांख्यसिद्धान्ततकका दार्शनिक ज्ञान जीवभ्रान्तिके आश्रित है। अतएव मुमुक्षु पुरुषको जीव और ईश्वरके वाद-विवादमें बुद्धि नहीं लगानी चाहिये, बल्कि दृढ़ होकर ब्रह्मतत्त्वका विचार करना चाहिये। जो पुरुष समस्त दृश्य-जगत्को निर्विशेष चित्स्वरूप समझता है, वही अपरोक्ष ज्ञानवान् है। वही शिव है, वही ब्रह्मा है, वही विष्णु है। विषयोंका त्याग दुर्लभ है, तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति दुर्लभ है तथा सद्गुरुकी कृपाके बिना सहजावस्थाकी प्राप्ति दुर्लभ है। जिसकी बोधात्मिका शक्ति जाग्रत् हो गयी है, जिसने सारे कर्मोंका त्याग कर दिया है, ऐसे योगीको सहजावस्था स्वयमेव प्राप्त हो जाती है। जबतक पुरुषको इसमें तनिक भी अन्तर जान पड़ता है, तबतक उसके लिये भय है—इसमें संशय नहीं। सर्वमय सच्चिदानन्दको ज्ञानचक्षुसे देखा जाता है; जिसे ज्ञानचक्षु नहीं, वह परब्रह्मको उसी प्रकार नहीं देख सकता, जैसे अंधेको प्रकाशमान

सूर्यनारायण नहीं दीखते। वह ब्रह्म प्रज्ञानस्वरूप ही है, सत्य ही प्रज्ञानका लक्षण है। अतएव ब्रह्मके परिज्ञानसे ही मर्त्य जीव अमरत्वको प्राप्त होता है। उस कार्य-कारणरूप ब्रह्मका साक्षात्कार हो जानेपर पुरुषके हृदयकी गाँठें खुल जाती हैं, सारे संशय दूर हो जाते हैं और सारे कर्म क्षीण हो जाते हैं ॥ ६९—८२ ॥

'अनात्मताको त्यागकर, जागतिक स्थितिमें निर्विकार होकर, अनन्यनिष्ठासे अन्तःस्थ संवित् अर्थात् आत्मचैतन्यमें ही लीन रहो। मरुभूमिमें भ्रमसे दीखनेवाला सारा जल जैसे मरुस्थल मात्र ही रहता है, उसी प्रकार जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्तिरूप यह समस्त जगत् आत्मविचारसे चिन्मय ही है। जो लक्ष्य-बुद्धि तथा अलक्ष्य-बुद्धिका त्याग करके केवल आत्मनिष्ठ होकर रहता है, वह श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञानी स्वयं साक्षात् शिव है। जगत्का अधिष्ठान अनुपम है, वाणी और मनकी पहुँचके परे है; नित्य, विभु, सर्वगत, सूक्ष्मसे भी सूक्ष्म और अव्ययस्वरूप है। यह संसार सर्वशक्तिमान् महेश्वरका मनोविलास मात्र है। संयम और असंयमके द्वारा जागतिक प्रपञ्च शान्तिको प्राप्त होता है ॥ ८३—८७ ॥

'मनोव्याधिकी चिकित्साके लिये तुमको मैं उपाय बतलाता हूँ। जिन-जिन वस्तुओंकी ओर मन जाता है, उन-उनका त्याग करता हुआ मनुष्य मोक्षको प्राप्त करता है। आत्माधीन होना, एकान्तप्रियता तथा अभिलषित जागतिक वस्तुके त्यागकी भावना जिसके लिये दुष्कर हो जाती है, उस पुरुष-कीटको धिक्कार है। केवल अपने प्रयत्नसे सिद्ध होनेवाले अपनी अभिलषित वस्तुके त्यागरूप मनःशान्तिके अतिरिक्त दूसरी शुभ गति नहीं है। सङ्कल्पहीनताके शस्त्रसे जब इस चित्तको काट दिया जाता है, तब सर्वस्वरूप, सर्वान्तर्यामी, शान्त परब्रह्मकी प्राप्ति होती है। प्रपञ्चकी भावनासे मुक्त होकर, महान् बुद्धिसे युक्त होकर, चित्तका निरोध करके स्थिरभावसे अपनेको चिन्मात्रमें स्थित करो। श्रेष्ठ पौरुष अर्थात् अभ्यास और वैराग्यका आश्रय लेकर, तथा चित्तको अचित्तावस्था अर्थात् निरुद्धावस्थामें ले जाकर हृदयाकाशमें ध्यान करते हुए बारंबार चेतनमें लगे हुए चित्त-रूपी चक्रकी धारसे मनको मार दो। तब तुम निःशङ्क हो जाओगे और कामादिरूपी शत्रु तुम्हें बाँध न सकेंगे। यह वह है, मैं यह हूँ, वे पदार्थ मेरे हैं—यह भावना ही मन है; इन भावनाओंके त्यागरूपी दावसे मनका नाश किया जाता है। जिस प्रकार शरद्के आकाशमें छिन्न-भिन्न बादलोंके समूह वायुके वेगसे विलीन हो जाते हैं, उसी प्रकार विचारके द्वारा ही मन अन्तर्हित हो जाता है। चाहे प्रलयकालीन उनचास पवन बहें, अथवा सारे समुद्र मिलकर एकार्णवरूप हो जायँ, बारहों आदित्य तपने लगें, तथापि मनोविहीन पुरुषकी कोई क्षति नहीं हो सकती। केवल सङ्कल्पहीनतारूपी एक साध्यसे समस्त सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं, तत्पदका आश्रय लेकर सङ्कल्प-हीनताके विस्तृत साम्राज्यमें स्थित हो जाओ। कहीं भी अचञ्चल मन नहीं दिखलायी देता। चञ्चलता मनका धर्म है, जैसे अग्निका धर्म उष्णता है। यही चञ्चला स्पन्दन-शक्ति चित्तत्वमें स्थित है अर्थात् चित्तका धर्म है; इसी मानसिक शक्तिको जगत्-प्रपञ्चका स्वरूप समझना चाहिये। जो मन चञ्चलताहीन हो जाता है, वह अमृतरूप कहलाता है; वही तप है। उसे ही शास्त्रीय सिद्धान्तमें मोक्ष कहते हैं। मन-की जो चञ्चलता है, वह अविद्या है; वासना उसका स्वरूप है। शत्रुरूपिणी उस वासनाको विचारके द्वारा नष्ट करना चाहिये ॥ ८८—१०२ ॥

'निष्पाप मुनि! पुरुषार्थके द्वारा जिस लक्ष्यमें मनको लगाओ, उसे प्राप्तकर अर्थात् सविकल्प समाधिमें स्थित हो निर्विकल्प समाधिको प्राप्त करो। अतएव प्रयत्नपूर्वक चित्तको चित्त-के द्वारा वशमें करके, शोकहीन अवस्थाके आश्रयसे, आतङ्क-से मुक्त होकर शान्ति लाभ करे। मनका पूर्ण निरोध करनेमें विषयविहीन मन ही समर्थ होता है। राजाको पराजित करनेके कार्यमें राज्यविहीन राजा ही समर्थ होता है। जिन्हें तृष्णारूपी ग्राहने पकड़ रक्खा है, जो संसार-समुद्रमें गिरे हुए हैं, भँवरोंके जालमें पड़कर लक्ष्यसे दूर भटक रहे हैं, उनको बचानेके लिये अपना विषयविहीन मन ही नौकारूप है। ऐसे मनके द्वारा इस भारी बन्धनरूप मनके जालको काट डालो, और स्वयं संसारसागरके पार हो जाओ; दूसरेके द्वारा यह समुद्र पार नहीं किया जाता। अन्तःकरणको वासित (आच्छादित) करनेवाली मन-नामकी वासना जब-जब उदित हो, तब-तब प्राज्ञ (बुद्धिमान्) पुरुष उसका त्याग करे। इससे अविद्याका नाश होता है। एक भोगवासनाका पहले त्याग करो, उसके बाद भेद-वासनाका त्याग करो, उसके बाद भावाभाव दोनोंका त्याग करके विकल्पहीन होकर सुखी हो जाओ। इस मनका नाश ही अविद्यानाश कहलाता है। मनके द्वारा जो कुछ भी अनुभवमें आता हो, उस-उसमें आस्था न होने दो। आस्थाका त्याग कर देना ही निर्वाण है, और आस्थाको पकड़े रहना ही दुःख है। जो प्रज्ञाविहीन हैं, उन्हींमें अविद्या विद्यमान रहती

है। सम्यक् प्रज्ञावान् पुरुष नाममात्रके लिये भी कहीं अविद्याको अङ्गीकार नहीं करते। इस दुःख-कण्टकसे आकीर्ण संसाररूपी भ्रमजालमें तभीतक अविद्या अपने साथ शरीरीको निरन्तर भ्रमाती है, जबतक इसको नष्ट करनेवाली मोहनाशिका आत्मसाक्षात्कारकी इच्छा स्वयं उत्पन्न नहीं होती। अविद्या जब परतत्त्वकी ओर अवलोकन करती है, तब इसका अपने-आप विनाश हो जाता है। सर्वात्मबोध दृष्टिगत होनेपर अविद्या स्वयं ही विलीन हो जाती है। इच्छामात्र अविद्याका स्वरूप है, इच्छाके पूर्णतः नाशको ही मोक्ष कहते हैं और मुनि! इच्छाका नाश सङ्कल्पहीन होनेपर ही सिद्ध होता है॥ १०३—११६॥

'चित्ताकाशमें वासनारूपी रजनीके तनिक भी क्षीण होनेपर, चेतनारूपी सूर्यके प्रकाशसे कलिरूपी तम क्षीणताको प्राप्त हो जाता है। चित्त जब विषयोंके पीछे नहीं पड़ता तथा सामान्यतः सर्वगामी बन जाता है, तब चित्तकी ऐसी अनिर्वचनीय अवस्था ही आत्मा और परमेश्वरनामसे अभिहित होती है। यह सब कुछ निश्चय ही ब्रह्म है। वह नित्य और चिद्घनस्वरूप है। वह अव्यय है। इसके सिवा जो दूसरी मन नामकी कल्पना है, वह कहीं है ही नहीं। केवल भ्रममात्र है। इस त्रिलोकीमें न कोई जन्मता है न मरता है। ये जो भावविकार दीख पड़ते हैं, इनका कहीं अस्तित्व नहीं है। एकमात्र, केवल आभासरूप, सर्वव्यापी, अव्यय और चित्तके विषयोंके पीछे न दौड़नेवाले केवल चिन्मात्रकी ही सत्ता यहाँ है। उस नित्य, व्यापक, शुद्ध, चिन्मात्र, उपद्रवशून्य, शान्त, शमस्वरूपमें स्थित निर्विकार चिदात्मामें स्वयं चित् ही जो स्वभावानुसार सङ्कल्प करके दौड़ता है, वह चैत्य अर्थात् चित्की सङ्कल्पावस्था स्वयं दोषरहित होते हुए भी मनन करनेके कारण मन कहलाती है। अतएव सङ्कल्पके द्वारा सिद्ध मन सङ्कल्पके द्वारा ही विनाशको प्राप्त होता है॥ ११७—१२३॥

'मैं ब्रह्म नहीं हूँ, इस सङ्कल्पके सुदृढ़ हो जानेसे मन बन्धनमें पड़ता है; तथा 'सब कुछ ब्रह्म ही है' इस सङ्कल्पके सुदृढ़ होनेपर मन मुक्त हो जाता है। 'मैं दुबला हूँ, दुःखग्रस्त हूँ, मैं हाथ-पैरवाला हूँ'—इस भावके अनुकूल व्यवहारसे जीव बन्धनमें पड़ता है। 'मैं दुःखी नहीं हूँ; मेरा शरीर नहीं, आत्मतत्त्वमें स्थित मुझको बन्ध कहाँ!'—इस प्रकारके व्यवहारमें लीन मन मुक्त हो जाता है। 'मैं मांस नहीं, मैं अस्थि नहीं, मैं देहसे परे दूसरा ही तत्त्व हूँ'—इस प्रकारका निश्चय कर लेनेपर जिसके अन्तःकरणसे अविद्या क्षीण हो गयी है, वह मुक्तिको प्राप्त होता है। अनात्म पदार्थमें आत्मभावना होनेसे यह अविद्या कल्पनामात्र है। परम पुरुषार्थ अर्थात् अभ्यास और वैराग्यका आश्रय लेकर बहुत बुद्धिमत्तापूर्वक, यत्नसे भोगकी इच्छाका दूरसे ही त्याग करके निर्विकल्प होकर सुखी हो जाओ। 'मेरा पुत्र, मेरा धन, मैं वह हूँ, यह हूँ, यह मेरा है'—यह सब वासना ही इन्द्रजाल फैलाकर विविध खेल कर रही है। तुम अज्ञ मत बनो, तुम ज्ञानी बनो; सांसारिक भावनाको नष्ट कर दो। अनात्म पदार्थमें आत्मभावना करके क्यों मूर्खकी भाँति रो रहे हो। यह मांसका पिण्ड, अपवित्र, मूक, जड शरीर तुम्हारा कौन है, जिसके लिये बलात् दुःख-सुखसे अभिभूत हो रहे हो? अहा! कितने आश्चर्यकी बात है कि जो ब्रह्म सत्य है, उसे मनुष्योंने भुला दिया है। तुम कर्तव्य-कर्मोंमें रत रहते हुए मनको कभी उनके प्रति रागानुरञ्जित मत होने दो। अहा! कैसी आश्चर्यकी बात है कि कमलनालके तन्तुओंसे पर्वत बाँध दिये गये हैं! जो अविद्या है ही नहीं, उसीके द्वारा यह विश्व अभिभूत हो रहा है। उस अविद्याके कारण तृणके समान तुच्छ जाग्रत् आदि तीनों जगत् वज्रवत् हो रहे हैं'॥ १२४—१३४॥

॥ चतुर्थ अध्याय समाप्त ॥ ४ ॥



ॐ

पञ्चम अध्याय

ऋभुका उपदेश चालू

अज्ञान एवं ज्ञानकी सात भूमिकाएँ

महर्षि ऋभु बोले—'तात! इसके आगे मैं जो कुछ कहता हूँ, उसे ठीक-ठीक सुनो। अज्ञानकी सात भूमिकाएँ होती हैं, और ज्ञानकी भी सात भूमिकाएँ होती हैं। इनके बीच असंख्य दूसरी भूमिकाएँ उत्पन्न होती हैं। स्वरूपमें अवस्थित होना मुक्ति है। अहं-भावना ही स्वरूपसे च्युत होना है। शुद्ध सत्तामात्र संवित् ही आत्माका स्वरूप है; उससे जो विचलित नहीं होते, उनमें अज्ञानसे उत्पन्न राग-द्वेष आदि दूषित भाव नहीं होते। स्वरूपसे च्युत होकर वासनार्थ जो चित्‌में डूबना है, उससे बढ़कर कोई दूसरा मोह न हुआ है और न होगा। एक विषयसे दूसरे विषयको जाते समय जो मध्यमें स्थिति होती है, वह ध्वस्तमननके आकारवाली स्वरूपस्थिति कहलाती है। सारे सङ्कल्पोंकी सम्यक् शान्तिसे शिलाके समान जो निश्चेष्ट स्थिति होती है, जो जाग्रत्-अवस्था तथा स्वप्नावस्थासे विनिर्मुक्त होती है, वह परा स्वरूपस्थिति कहलाती है। अहंताके क्षीण हो जानेपर, शान्त, चेतन तथा भेदभावसे शून्य जो चित्तकी अवस्था होती है, वह स्वरूपस्थिति कहलाती है॥ १—७॥

'मोह सात प्रकारका होता है—प्रथम बीज-जाग्रत् अवस्था, दूसरा जाग्रत् अवस्था, तीसरा महाजाग्रत् अवस्था, चौथा जाग्रत्स्वप्न अवस्था, पाँचवाँ स्वप्नावस्था, छठा स्वप्नजाग्रत् अवस्था और सातवाँ सुषुप्ति अवस्था। फिर, ये एक दूसरेसे श्लिष्ट होकर अनेक रूप धारण करते हैं। अब इनके पृथक्-पृथक् लक्षण सुनो। प्रथम, जो नामरहित निर्मल चेतनमें चित्‌की आगे होनेवाली चित्त, जीव आदि नाम, शब्द तथा अर्थकी पात्रतासे युक्त अवस्था होती है, वह बीजरूपमें स्थित जाग्रत्-अवस्था बीजजाग्रत् कहलाती है। यह ज्ञाताकी नवीन अवस्था होती है; अब तुम जाग्रत्की सम्यक् स्थितिकी बात सुनो। बीज-जाग्रत् अवस्थाके बाद 'यह मैं हूँ, यह मेरा है'—अपने भीतर जो ऐसी प्रतीति होती है, वह अतिरिक्त भावनाओंसे पहले होनेवाली मोहकी दूसरी जाग्रत् अवस्था कहलाती है। 'यह वह पुरुष है, मैं यह हूँ, वह मेरी वस्तु है' यह पूर्वजन्मोंका उदित हुआ पुष्ट प्रत्यय महाजाग्रत् कहलाता है। अरूढ़ अथवा रूढ़, सर्वथा मनोमय, जो मनकी काल्पनिक सृष्टि जाग्रदवस्थामें होती है, उसे जाग्रत्स्वप्न कहते हैं। एक चन्द्रमें दो चन्द्रोंका भान होना, शुक्ति (सीप) में रजतका भान होना, मृगतृष्णामें जलका भान होना—इत्यादि भेदसे अभ्यासको प्राप्त हुआ जाग्रत्स्वप्न अनेक प्रकारका होता है। थोड़ी देरतक मैंने देखा, अब यह दृष्टिगत नहीं हो रहा है—जिस अवस्थासे जागनेपर मनुष्यको इस प्रकारका परामर्श (स्मृति) होता है, वह स्वप्न कहलाता है। चिरकालतक साक्षात्कार न होनेके कारण जो पूर्ण विकासको नहीं प्राप्त हुआ, बड़ी-बड़ी बातोंवाला, देरतक टिकनेवाला स्वप्न जाग्रत्के समान ही उदित होता है, वह जाग्रत् अवस्थामें भी परिस्फुरित होनेवाला स्वप्न स्वप्नजाग्रत् कहलाता है। इन छः अवस्थाओंका परित्याग कर जीवकी जो जडात्मक अवस्थिति होती है, वह आनेवाले दुःखबोधसे युक्त अवस्था सुषुप्ति कहलाती है। उस अवस्थामें जगत् अन्तस्तममें लीन हो जाता है। ब्रह्मन्! मैंने अज्ञानकी इन सात भूमिकाओंको बतलाया। इनमें एक-एक सैकड़ों प्रकारकी विविध ऐश्वर्योंसे युक्त अवस्थाओंका रूप धारण करती है। अब हे निष्पाप पुत्र! ज्ञानकी जो सात भूमिकाएँ हैं, उनको सुनो, जिनको जान लेनेपर पुरुष पुनः मोह-पङ्कमें नहीं पड़ता॥ ८—२१॥

'सिद्धान्तवादी लोग योग-भूमिकाओंके बहुतेरे भेद बतलाते हैं, परंतु मुझे तो ये ही कल्याणप्रद सात भूमिकाएँ अभीष्ट हैं। इस प्रकार इन सात भूमिकाओंमें होनेवाले अवबोधको 'ज्ञान' कहते हैं; और इन भूमियोंके पश्चात् होनेवाली मुक्ति 'ज्ञेय' कही जाती है। शुभेच्छा नामकी पहली ज्ञानभूमि कहलाती है। दूसरी विचारणा कहलाती है। तीसरी तनुमानसी, चौथी सत्त्वापत्ति, उसके बाद पाँचवीं असंसक्ति, षष्ठी पदार्थाभावना तथा सप्तमी तुर्यगा है। इनके अन्तर्गत वह मुक्ति है, जिसे प्राप्तकर पुनः शोक नहीं करना पड़ता। अब तुम इन भूमिकाओंकी परिभाषा सुनो। 'मैं मूढ़ बनकर क्यों बैठा हूँ! शास्त्र तथा संतजनोंसे मैं जिज्ञासा करूँगा'—इस प्रकारकी वैराग्य-

से पूर्व जो इच्छा होती है, उसे ज्ञानीजन शुभेच्छा कहते हैं। शास्त्र तथा संतजनोंके सम्पर्कके कारण अभ्यास और वैराग्यके साथ-साथ जो सदाचरणकी प्रवृत्ति है, वह विचारणा कहलाती है। विचारणा और शुभेच्छाके द्वारा इन्द्रियोंके विषयोंमें अनुरक्ति जब क्षीणताको प्राप्त होती है, तब वह तनुमानसी अवस्था कहलाती है। इन तीनों भूमियोंके अभ्याससे वैराग्यके वशीभूत हो जब चित्त शुद्ध सत्त्वस्वरूपमें स्थित होता है, तब उसे सत्त्वापत्ति कहते हैं। इन चारों भूमियोंके अभ्याससे सत्त्वारूढ़ होकर चमकनेवाली जो संसर्गहीन कला है, वह असंसक्ति कहलाती है। इन पाँचों भूमियोंके अभ्यासके फलस्वरूप दृढ़तापूर्वक अपने आत्मामें ही रमण करते रहनेसे तथा आन्तर और बाह्य पदार्थोंकी भावना नष्ट हो जानेसे जिसमें दूसरोंके द्वारा चिरकालतक प्रयत्न करनेपर बाह्यज्ञान होता है, वह पदार्थाभावना नामकी षष्ठ भूमिका है। इन छः भूमियोंमें चिरकालतक अभ्यास करनेके बाद भेदबुद्धिका अभाव हो जानेके कारण जो आत्मभावमें एकनिष्ठा हो जाती है, वह तुर्यगा स्थिति कहलाती है। यही तुर्यावस्था जीवन्मुक्त पुरुषकी होती है। इसके पश्चात् जो तुर्यातीत अवस्था है, वह विदेहमुक्तिका विषय है। निदाघ! जो महाभाग्यवान् पुरुष सप्तमी भूमिकाका आश्रय ले चुके हैं, वे आत्मामें रमण करनेवाले महात्मा महान् पदको प्राप्त हो गये हैं। जीवन्मुक्त पुरुष सुख-दुःखके अनुभवकी स्थितिमें नहीं पड़ते। वे कभी कर्तव्य-कर्मोंमें लगे रहते हैं और कभी उनसे अलग हो जाते हैं। अपने पासके लोगोंके द्वारा चेताये जानेपर सोकर जगे हुएके समान उठकर, सनातन आचारोंका आचरण करने लगते हैं। ये सात भूमिकाएँ बुद्धिमान् पुरुषोंको ही ज्ञात होती हैं। इन ज्ञानावस्थाओंको प्राप्तकर जो पशु, म्लेच्छ आदि हैं, वे भी देह रहते या देह त्यागनेके बाद मुक्तिको प्राप्त करते हैं—इसमें सन्देह नहीं है। हृदयकी गाँठोंका खुल जाना ही ज्ञान है, और ज्ञान होनेपर ही मुक्ति होती है॥ २२—४०॥

'मृगतृष्णामें जलकी भ्रान्तिके समान अनात्ममें आत्मबुद्धि आदि अविद्याकी शान्ति ही मुक्ति है; जो मोहसागरसे पार हो गये हैं, उन्होंने ही परम पदको प्राप्त किया है। वे आत्मसाक्षात्कारकी प्राप्तिमें लगे हुए पुरुष इन भूमिकाओंमें स्थित होते हैं। मनकी पूर्णतः शान्तिके उपायको योग कहते हैं। उस योगकी सात भूमिकाएँ हैं और उन भूमिकाओंको ऊपर बतला आये हैं। इन भूमिकाओंका लक्ष्य है ब्रह्मपदकी प्राप्ति—जहाँ तू, मैं, अपने और परायेका कोई भाव नहीं रहता, न कोई भावात्मक बुद्धि होती है और न भावाभावका चिन्तन होता है। सब शान्त, आलम्बनशून्य, आकाशस्वरूप, शाश्वत, शिव, दोषरहित, भासमान न होनेवाला, अनिर्वचनीय, कारणहीन, न सत् न असत्, न मध्य न अन्त, सम्पूर्ण नहीं और सम्पूर्ण भी, मन और वाणीके द्वारा अग्राह्य, पूर्णसे पूर्ण, सुखसे सुखतरस्वरूप, संवेदनमें न आनेवाला, पूर्ण शान्त, आत्मसाक्षात्कारस्वरूप तथा व्यापक ब्रह्मका स्वरूप है। समस्त जागतिक पदार्थोंकी सत्ता आत्मसंवेदनके अतिरिक्त दूसरी कुछ नहीं है॥ ४१—४७॥

'द्रष्टा और दृश्यका सम्बन्ध होनेपर बीचमें दृष्टिका जो स्वरूप होता है, वह द्रष्टा, दृश्य तथा दर्शनकी त्रिपुटीसे वर्जित साक्षात्काररूप स्थिति होती है। चित्त जब एक देशसे दूसरे देशको जाता है, तब बीचमें जो चित्तकी स्थिति होती है, उस जाड्यविहीन संविद्रूप मननमें सदा तन्मय रहो। जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्तिसे परे जो तुम्हारा सनातन स्वरूप है, उस जड-चेतनरहित स्थितिमें सदा तन्मय रहो। एक जडताको छोड़कर—क्योंकि वह पत्थरका हृदय है, पाषाणरूपताकी प्राप्ति है—उससे रहित जो अमनस्क स्थिति है, सदा उसमें तन्मय रहो। चित्तको दूरसे त्यागकर जिस किसी स्थितिमें हो, उसीमें स्थिर रहो। परमात्मतत्त्वसे पहले मन निकला। तत्पश्चात् मनसे ही विकल्पजालसे पूर्ण यह जगत् विस्तृत हुआ। हे विप्र! शून्यसे भी शून्य उत्पन्न होता है, जैसे आकाश शून्य है और उससे सुन्दर लगनेवाली नीलिमा उल्लसित होती है। सङ्कल्पके नाश हो जानेके कारण जब चित्त गलित हो जाता है, तब संसारके मोहका कुहासा भी गल जाता है। तब शरद्के आनेपर स्वच्छ आकाशके सदृश वह अजन्मा, सबका आदि और अनन्त एक चिन्मात्र विभासित हो उठता है। बिना कर्ताके और बिना रंगके आकाशमें चित्र उठ आया। बिना द्रष्टाके, स्वानुभव, निद्राविहीन स्वप्नदर्शन हो रहा है। साक्षिस्वरूप, समानरूपसे स्वच्छ, निर्विकल्प, दर्पण-जैसे चिदात्मामें बिना इच्छाके तीनों जगत् प्रतिबिम्बित हो रहे हैं। ब्रह्म एक है, चिदाकाशरूप है, सर्वस्वरूप है और अखण्डित है—चित्त-चाञ्चल्यकी शान्तिके लिये यत्नपूर्वक यह भावना करनी चाहिये। जिस प्रकार एक मोटी शिलापर रेखाएँ और उपरेखाएँ खिंची होती हैं, उसी प्रकार त्रैलोक्यसे खचित एक ब्रह्मको देखना चाहिये। किसी दूसरे कारणके न होनेपर यह जगत् उत्पन्न ही नहीं हुआ। अब मैंने जो जानना था, उसे जान लिया; जो अद्भुत देखना था, उसे देख लिया। चिरकालका

थका मैं विश्रामको प्राप्त हुआ। चिन्मात्रके अतिरिक्त और कुछ है नहीं, इस प्रकार समझो। इस समस्त जागतिक लीलासे विरत होकर तथा असन्दिग्ध भावसे चिन्मात्रको देखो ॥ ४८—५९ ॥

'जिन्होंने सङ्कल्प-जालको निरस्त कर दिया है, जो चित्तत्व-हीन परम पदको प्राप्त हैं, वे ही समस्त दोषोंसे निवृत्त हो ब्रह्म-को प्राप्त करते हैं; जो विमनस्कताको प्राप्त हो चुके हैं, वे शान्त चित्तवाले महाबुद्धिमान् हैं। वेदान्तविचारशील प्राणी, जिनके चित्तकी वृत्तियाँ क्षीण हो गयी हैं, मनश्चिन्तनके त्यागका अभ्यास करते-करते जिनका मन कुछ परिपक्व हो गया है, जो मोक्षका उपाय खोजनेवाले पुरुष हेय तथा उपादेय—दोनों प्रकारके दृश्योंका त्याग कर रहे हैं, जो नित्य द्रष्टा अर्थात् आत्मतत्त्वके साक्षात्कारमें लगे हैं तथा अद्रष्टा अर्थात् प्रपञ्चको नहीं देखते, जो विशेषरूपसे ज्ञातव्य परम तत्त्वमें जागरूक होकर जीवन धारण कर रहे हैं, जो रसमय तथा रस-हीन पदार्थोंमें अत्यन्त परिपक्व वैराग्यके कारण घने मोहसे युक्त संसार-पथमें सोये हुए हैं, वैराग्यकी तीव्रताके कारण पक्षीके जालके समान जिनका संसार-वासनाका जाल टूट गया है तथा हृदयकी ग्रन्थि शिथिल हो गयी है, ऐसे साधकोंका स्वभाव विज्ञानके द्वारा उसी प्रकार संशुद्ध हो जाता है, जिस प्रकार कातक (निर्मली) फलके द्वारा जल स्वच्छ हो जाता है। मन जब रागविहीन, अनासक्त, द्वन्द्वातीत तथा निरालम्ब हो जाता है, तब वह पिंजड़ेसे छूटे हुए पक्षीके समान मोहजालसे बाहर निकल जाता है। सन्देहरूप दुरात्मापन जिनका शान्त हो गया है, जो प्रपञ्चात्मक कुतूहलसे विरत हैं, उनका चित्त सब प्रकारसे पूर्ण होकर पूर्णचन्द्रके समान सुशोभित होता है ॥ ६०—६८ ॥

'न मैं हूँ और न यहाँ दूसरा कुछ है; मैं सब दोषोंसे रहित ब्रह्मस्वरूप हूँ—जो इस प्रकार सत् और असत्के मध्यसे देखता है, वही वस्तुतः देखता है। जिस प्रकार सहज ही प्राप्त हुए दर्शन, द्रष्टा तथा दृश्योंमें मन बिना रागके ही जाता है, उसी प्रकार धीर बुद्धिवाले कर्तव्य-कर्मोंमें बिना आसक्तिके ही लगे रहते हैं। भलीभाँति जानकर भोगा गया भोग उसी प्रकार तुष्टिका कारण बनता है, जिस प्रकार जानकर सेवा किया गया चोर चोरी छोड़कर मैत्रीका ही निर्वाह करता है। जिसकी मनमें शङ्का भी नहीं थी, ऐसे गाँवके मार्गमें आ जानेपर पथिक जिस दृष्टिसे उसे देखता है, उसी दृष्टिसे ज्ञानी पुरुष भोगके ऐश्वर्योंको देखते हैं। निग्रह किया हुआ मन अनायास प्राप्त हुए थोड़े-से भी भोगको, जो विस्तार-को नहीं प्राप्त हुआ है, क्लेशदायक होनेके कारण, बहुत अधिक समझता है। बन्धनसे मुक्त हुआ राजा भोजनके एक ग्रासमात्रसे सन्तुष्ट हो जाता है; परंतु वह यदि शत्रुके द्वारा आबद्ध न हो तथा आक्रान्त न हो तो राष्ट्र भी उसके लिये उपेक्षणीय हो जाता है। हाथसे हाथको संमर्दितकर, दाँत-से-दाँत पीसकर तथा अङ्गोंसे अङ्गोंको दबाकर, अर्थात् अपने सम्पूर्ण पराक्रम और उत्साहसे, पहले मनपर विजय प्राप्त करनेकी चेष्टा करनी चाहिये। इस संसार-समुद्रमें मनपर विजय करनेके अतिरिक्त कोई दूसरी गति नहीं है। इस महानरकके साम्राज्यमें दुष्कृतरूपी मतवाले हाथी घूम रहे हैं। आशारूपी बाणों और बरछोंसे सजे-धजे इन्द्रियरूपी शत्रुओंका जीतना दुष्कर है। जिन्होंने चित्तके दर्पको नष्ट कर दिया है तथा इन्द्रियरूपी शत्रुओंको वशमें कर लिया है, उनकी भोग-वासना उसी प्रकार नष्ट हो जाती है, जैसे हेमन्त ऋतुमें कमलका पौधा नष्ट हो जाता है। रात्रिमें वेतालके समान हृदयमें वासनाका तभीतक निवास है, जबतक एकाग्रताके अभ्यासद्वारा मनको जीत नहीं लिया जाता। विवेकी पुरुषका मन अभीष्ट कार्य करनेके कारण भृत्यके समान है, सारे प्रयोजनोंको सिद्ध करनेके कारण मन्त्रीरूप है और मेरे विचारसे समस्त इन्द्रियोंको वशमें करनेके कारण सामन्तरूप है। मेरे विचारसे मनीषी पुरुषका मन लालन करनेके कारण स्नेहशील ललनास्वरूप है तथा पालन करनेके कारण पालन करनेवाला पिता है। मनरूपी पिता शास्त्रदृष्टिसे तथा आत्मप्रकाश, आत्मबुद्धि एवं आत्मानुभवके द्वारा परम सिद्धिको प्रदान करता है। अत्यन्त हृष्ट, अत्यन्त दृढ़, स्वच्छ, भलीभाँति वशमें किया हुआ, भलीभाँति जाग्रत्, आत्मगुणोंसे तेजस्वी बनाया हुआ मनोरम मनरूपी मणि हृदयमें सुशोभित होता है। ब्रह्मन्! भाँति-भाँतिके पङ्कोंसे मलिन इस मनरूपी मणिको सिद्धिके लिये विवेकरूपी जलसे धोकर आलोकवान् बनो। श्रेष्ठ विवेकका आश्रय लेकर बुद्धिसे सत्यका साक्षात् (निश्चय) करके, इन्द्रियरूपी शत्रुओंको पूर्णतः छिन्नकर संसार-सागर-से पार हो जाओ ॥ ६९—८४ ॥

'केवल आस्थाको—संसारकी आशाको ही अनन्त दुःखोंका कारण जानो, और सर्वत्र केवल अनास्थाको सुखका घर समझो। वासनाके सूत्रसे बँधा हुआ यह संसार बारंबार होता है। वह प्रसिद्ध वासना-अत्यन्त दुःखका कारण बनती है और सुखका

उन्मूलन करनेके लिये आती है। जीव चाहे धीर हो, अत्यन्त बहुश्रुत हो, कुलीन हो, महान् हो, फिर भी वह तृष्णासे उसी प्रकार बँध जाता है, जैसे शृङ्खलासे सिंह बँध जाता है। परम पुरुषार्थका आश्रय लेकर और भलीभाँति उद्यम करते हुए शास्त्रानुसार शान्तिपूर्वक आचरण करता हुआ कौन पुरुष सिद्धिको नहीं प्राप्त करता। 'मैं ही अखिल विश्वरूप हूँ, मैं अच्युत परमात्मस्वरूप हूँ, मेरे सिवा और कुछ नहीं है'—इस प्रकारके ज्ञानद्वारा होनेवाला अहंभाव ही श्रेष्ठ है। 'मैं समस्त प्रपञ्चसे अतीत हूँ, बालके अग्रभागसे भी सूक्ष्म हूँ'—ब्रह्मन्! इस प्रकारके ज्ञानसे जो अहंकार होता है, वह दूसरा शुभप्रद अहंभाव है और वह मोक्षका कारण बनता है, बन्धनका नहीं। ऐसा अहंभाव जीवन्मुक्त पुरुषोंको ही होता है। 'हाथ-पैर आदिसे युक्त यह शरीरमात्र मैं हूँ'—इस प्रकारका निश्चय तीसरा लौकिक अहङ्कार है और यह अत्यन्त तुच्छ है। यह अहंकारात्मक दुरात्मा जीव ही संसाररूपी दुःखद वृक्षका मूल है। इससे मारा गया प्राणी अधःपतनकी ओर ही दौड़ता है। इस दुःखद अहङ्कारको त्यागकर और चिरकालतक शुभ अहङ्कारकी भावनामें लगा हुआ प्राणी शमयुक्त होकर मुक्तिको प्राप्त होता है। पहले कहे गये दो अलौकिक अहङ्कारोंको अङ्गीकार करके तीसरे दुःखद लौकिक अहङ्कारको त्याग देना चाहिये। पश्चात् उनको भी छोड़कर जो सब प्रकारके अहङ्कारोंसे रहित होकर स्थित है, वही उच्च पदको प्राप्त होता है॥ ८५–९६॥

'भोगकी इच्छामात्र ही बन्धन है और उसका त्याग ही मोक्ष कहलाता है। मनकी उन्नति उसके विनाशमें है। मनोनाश महाभाग्यवान्का लक्षण है। ज्ञानी पुरुषके मनका नाश हो जाता है। अज्ञानीके लिये मन बन्धनरूप है। ज्ञानीका मन न आनन्दरूप है न आनन्दरहित है; न चल है, न अचल और न स्थिर ही है; वह न सत्रूप है, न असत्रूप ही और न इनके बीचकी ही स्थितिमें रहता है। जैसे चित्में प्रकाशित होनेवाला आकाश सूक्ष्मताके कारण दिखलायी नहीं देता, उसी प्रकार अखण्ड चेतनसत्ता सर्वव्यापी होते हुए भी दृष्टिगोचर नहीं होती। सारे सङ्कल्पोंसे रहित, सारी संज्ञाओंसे शून्य यह चिदात्मा अविनाशी तथा स्वात्मा आदि नामोंसे व्यक्त किया जाता है। जो ज्ञानियोंकी दृष्टिमें आकाशसे भी सौगुनी स्वच्छ, निर्मल तथा निष्कल-रूप (अवयवरहित) है, एवं जो सकल एवं निर्मल संसारके रूपमें एकमात्र अपना ही दर्शन कराती है—इस प्रकारकी चित्, चेतनसत्ता न अस्त होती है न उदय होती है; न उठती है न स्थिर रहती है; न जाती है न आती है; न यहाँ है और न यहाँ नहीं है। वह चित् अर्थात् चेतनसत्ता विकल्परहित, निरालम्ब और निर्मल स्वरूपवाली है। गुरुको चाहिये कि प्रारम्भमें शम-दम आदि गुणोंके द्वारा शिष्यके अन्तःकरणको शुद्ध करे। पश्चात् 'यह सब कुछ ब्रह्मरूप है और तुम शुद्ध ब्रह्मस्वरूप हो' ऐसा बोध प्रदान करे। अज्ञानी पुरुषको तथा जो अर्द्ध-जाग्रत् है, उसे जो कहता है कि 'सब ब्रह्म ही है', वह उसे महानरकजालमें ढकेल देता है। जिसकी बुद्धि जाग्रत् हो गयी है, भोगकी इच्छा नष्ट हो गयी है, तथा जो सर्वथा आकाङ्क्षारहित हो गया है—ऐसे पुरुषको प्राज्ञ गुरु वेदान्तका यह उपदेश दे कि अविद्यारूप मल है ही नहीं। जिस प्रकार दीपकके होनेपर ही प्रकाश होता है, सूर्यनारायणके होनेपर ही दिन होता है, पुष्पके होनेपर ही सुगन्ध होती है, उसी प्रकार चित्—चेतनके ऊपर ही जगत्की स्थिति है। यह जगत् वास्तवमें है नहीं, केवल भासता है। जब तुम्हारी ज्ञान-दृष्टि निर्मल—आवरणशून्य हो जायगी, ज्ञानका सब ओर प्रकाश हो जायगा तथा तुम अपने स्वरूपमें स्थित हो जाओगे, तभी तुम मेरे उपदेशके बलाबलको ठीक-ठीक जान सकोगे॥ ९७–१०७॥

'स्वार्थनाशके लिये उद्यम करना ही जिसका एकमात्र प्रयोजन है, ऐसी श्रेष्ठ अविद्याके द्वारा ही, ब्रह्मन्! सब दोषोंको हर लेनेवाली विद्याकी प्राप्ति होती है। अस्त्रके द्वारा अस्त्रका शमन होता है तथा मलके द्वारा मल धोया जाता है; विषके द्वारा विषका शमन होता है, शत्रुके द्वारा शत्रु मारा जाता है। इसी प्रकारकी यह भूतमाया है, जो अपने नाशसे ही हर्ष प्रदान करती है। इसका स्वरूप दिखलायी नहीं देता, दिखलायी देते ही यह नष्ट हो जाती है। परमार्थतः यह माया है ही नहीं—इस प्रकारकी दृढ़ भावनाके साथ 'सब ब्रह्म ही है'—ऐसी जो अन्तर्भावना होती है, वही मुक्ति प्रदान करती है। यह भेददृष्टि ही अविद्या है। इसका सर्वथा त्याग करना चाहिये॥ १०८–११३॥

मुने! (मायाके द्वारा) जो नहीं प्राप्त होता है, वह अक्षयपद कहलाता है। द्विज! यह माया किससे उत्पन्न हुई—यह तुम्हें नहीं विचारना है। 'मैं इसे किस प्रकार नष्ट करूँ'—यही तुम्हें विचार करना है। इसके क्षीण होकर नष्ट हो जानेपर तुम उस अक्षयपदको जान सकोगे। जहाँसे यह प्रकट होती है, जैसा इसका स्वरूप है, जिस प्रकार यह नष्ट होगी—अर्थात् निदान, लक्षण और शमनके

उपायका विचार करते हुए, इस रोगके घर अर्थात् अविद्याकी चिकित्साके लिये पूरा प्रयत्न करो, जिससे यह जन्म अर्थात् आवागमनके कष्टोंमें तुम्हें बारंबार न डाले, और चित्‌रूपी समुद्र अपने-आपमें स्वच्छ आत्मपरिस्पन्दनके द्वारा विभासित हो उठे। 'वह चित्-सत्ता एक अखण्ड स्वरूपवाली है'—इस प्रकार अपने भीतर दृढ़ भावना करनी चाहिये। वह चित्-शक्ति चिन्मय समुद्रमें किञ्चित् क्षुभित हो रही है। समुद्रमें लहरोंके समान वहाँ स्वच्छ चिन्मय तरङ्ग ही उठ रहे हैं। अपने-आप आकाश-सरोवरमें जैसे वायु लहराता है, उसी प्रकार स्वात्मामें ही आत्मशक्तिसे आत्मा तरङ्गायमान होता है। सर्व-शक्तिमत्ताके कारण इस प्रकारकी दैवी स्फुरणा क्षणमात्रके लिये होती है। देश, काल और क्रियाकी शक्ति जिसको चलायमान करनेमें समर्थ नहीं होती, वह आत्मशक्ति अपने स्वभावको जानकर उच्च अनन्त पदमें स्थित है। यह चित्-शक्ति जाननेमें न आनेके कारण परिमित-सी होकर रूपकी भावना करती है। उस परम आकर्षक-शक्तिके द्वारा जब इस प्रकार रूपकी भावना होती है, उसी समय उसके पीछे नाम और संख्या आदि दृष्टियाँ लग जाती हैं। ब्रह्मन्! विकल्पके रूपको धारण करनेवाला तथा देश, काल और क्रियाका आधारभूत जो चित्-शक्तिका रूप है, वह क्षेत्रज्ञ कहलाता है। पुनः वह भी वासनाओंकी कल्पना करता हुआ अहङ्कारका रूप धारण करता है। अहङ्कार जब निश्चयात्मक एवं दोषयुक्त हो जाता है, तब वह बुद्धि कहलाता है। और बुद्धि जब सङ्कल्पका रूप ग्रहण करती है, तब मननास्पद मन बनती है। मन जब घने विकल्पमें पड़ता है, तब शनैः-शनैः इन्द्रियरूप ग्रहण करता है। हाथ-पैरयुक्त शरीरको बुद्धिमान् पुरुष इन्द्रिय कहते हैं। इस प्रकार जीव सङ्कल्प और वासनाकी रज्जुओंसे बँधकर दुःखजालमें फँसा हुआ क्रमशः अधोगतिको प्राप्त होता है। इस तरह शक्तिमय चित् घने अहङ्कारको प्राप्त होकर रेशम बनानेवाले कीड़ेके समान स्वेच्छासे बन्धनमें पड़ता है। अपने ही द्वारा कल्पित तन्मात्ररूपी जालके भीतर रहकर, शृङ्खलामें बँधे हुए सिंहके समान, चित्-शक्ति अत्यन्त विवशताको प्राप्त हो जाती है। आत्मा ही कहीं मन, कहीं बुद्धि, कहीं ज्ञान, कहीं क्रिया, कहीं अहङ्कार और कहीं चित्तके नामसे जाना जाता है। कहीं इसे प्रकृति कहते हैं, और कहीं 'माया है' ऐसी कल्पना करते हैं। कहीं यह बन्धनके नामसे प्रसिद्ध है और कहीं पुर्यष्टक कहलाता है। कहीं इसे अविद्या कहते हैं और कहीं 'इच्छा' माना जाता है। यह आशा-पाशका निर्माण करनेवाले अखिल विश्वको उसी प्रकार धारण करता है, जैसे भीतर फलविहीन वटबीज वटको धारण करता है॥ ११४—१३३॥

'चिन्तारूपी अग्निशिखासे दग्ध, क्रोधरूपी अजगरके द्वारा चबाये हुए, कामरूपी समुद्रके कल्लोलमें स्थित तथा अपने पिता-महं आत्माको भूले हुए इस मनका, ब्रह्मन्! कीचड़से फँसे हाथीके समान उद्धार करो। प्रपञ्चकी भावनासे व्याप्त इस प्रकारके जीवाश्रित भाव ब्रह्मके द्वारा लाखों, करोड़ों तथा असंख्य रूपोंमें कल्पित होकर पहले उत्पन्न हो चुके हैं, और आज भी चारों ओर उत्पन्न हो रहे हैं, तथा निर्झरसे उत्पन्न जलकणोंके समान और भी उत्पन्न होते रहेंगे। कुछ तो प्रथम ही उत्पन्न हो रहे हैं और कुछ भाव सौसे अधिक बार उत्पन्न हो चुके हैं; कोई असंख्य जन्म ग्रहण कर चुके हैं और किन्हींके दो-ही-तीन जन्म हुए हैं। कोई किन्नर, गन्धर्व, विद्याधर एवं नागरूपमें प्रकट हैं; कोई सूर्य, चन्द्र, वरुण, शिव, हरि एवं ब्रह्मारूप बन रहे हैं। कोई ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्ररूपमें स्थित हैं। कोई तृण, ओषधि, वृक्ष, फल, मूल एवं पत्रके रूपमें हैं। कोई कदम्ब, नीबू, आम, ताड़ तथा तमाल वृक्ष बन रहे हैं। कोई महेन्द्र, मलय, सह्य, मन्दर, मेरु आदि पर्वतोंका आकार धारण किये हुए हैं। कोई खारे समुद्र, तथा कोई दूध, घृत, ईखके रस तथा जलकी राशिके रूपमें अवस्थित हैं। कोई विशाल दिशाओंका रूप धारण किये हुए हैं। कोई महान् वेगशाली नदियोंके रूपमें हैं। कोई हाथसे फेंके जानेवाले गेंदके समान मृत्युके द्वारा बारंबार ताड़ित होकर आकाशमें ऊपर उठते और नीचे गिरते रहते हैं। कोई-कोई मूर्ख मनुष्य विवेकको प्राप्त करके भी सहस्रों जन्म भोगकर पुनः संसाररूपी सङ्कटमें पड़ते हैं। दिशा और कालके द्वारा अनवच्छिन्न आत्मतत्त्व अपनी शक्तिसे सहज ही दिशा और कालके द्वारा आकलित जो शरीर ग्रहण करता है, वही जीवके पर्यायभूत वासनाके आवेशसे संकल्पोन्मुख चञ्चल मनका रूप धारण करता है। वह सङ्कल्पात्मिका मनःशक्ति क्षणमात्रमें निर्मल आकाशकी भावना करती है, उसमें शब्दबीज अङ्कुरोन्मुख रहता है। तत्पश्चात् वही मन और भी घनीभूत होनेपर घने स्पन्दनके क्रमसे वायुके स्पन्दनकी भावना करता है। उसमें स्पर्श-बीज अङ्कुरोन्मुख रहता है। उसके बाद दृढ़ अभ्यासके द्वारा शब्द और स्पर्शरूप आकाश और वायुके संघर्षसे अग्नि उत्पन्न होती है। वह रूप-तन्मात्राके साथ मिलकर तीन गुणोंसे युक्त होती है। उन तीनों गुणोंके साथ संयुक्त हुआ मन रस-तन्मात्राका अनुभव करता हुआ क्षणमात्रमें जलकी शीतलताका चिन्तन करता है। इससे उसे जलका अनुभव होता है। पश्चात् उन चार गुणोंसे युक्त होकर मन दूसरे ही क्षण गन्ध-तन्मात्राकी भावना करता है, इससे उसे पृथ्वीका अनुभव होता है। इस प्रकार पाँचों तन्मात्राओंसे घिरकर सूक्ष्मताका त्याग करता हुआ वह आकाशमें अग्निकणोंके आकारमें स्फुरित शरीरको देखता है।

वही अहङ्कारकी कलाओंसे युक्त और बुद्धि-बीजसे समन्वित पुर्यष्टक कहलाता है, जो प्राणियोंके हृत्कमलमें मँडरानेवाले षट्पदके समान है। उसमें तीव्रसंवेगके द्वारा तेजस्वी शरीरकी भावना करता हुआ मन उसी प्रकार स्थूलताको प्राप्त होता है, जैसे पाकके द्वारा बिल्वफल। स्वच्छ आकाशमें, मूषा (सोना गलानेके पात्र) में पिघले सोनेके समान स्फुरित होकर वह तेज अपने स्वभावके द्वारा ही गठित होने लगता है। उसका ऊपरी भाग सिरके पिण्डके समान तथा अधोभाग पैरके समान हो जाता है तथा दोनों पार्श्वोंमें बाहुकी आकृतियाँ एवं मध्यमें उदरका आकार समयानुसार व्यक्त होकर शुद्ध शरीररूप धारण करते हैं। वे ही बुद्धि, वीर्य, बल, उत्साह, विज्ञान और ऐश्वर्यसे युक्त होकर सब लोकोंके पितामह भगवान् ब्रह्मा बनते हैं ॥ १३४–१५७ ॥

'भूत, भविष्य और वर्तमानको स्पष्ट देखनेवाले भगवान् ब्रह्माजी अपने उत्तम और सुन्दर शरीरको देखकर सोचने लगे कि इस चिन्मात्र आत्मस्वरूपी परमाकाशमें, जिसका ओर-छोर नहीं दिखायी देता, पहले क्या होना चाहिये। इस प्रकार चिन्तन करते ही तत्काल उन्हें निर्मल आत्म-दृष्टि प्राप्त हुई। उन्होंने अतीत कालके अनेकों सर्गोंको देखा तो समस्त धर्मों और गुणोंके सारे क्रम उन्हें स्मरण हो आये। उन्होंने लीलासे ही नाना प्रकारके आचारोंसे युक्त भाँति-भाँतिकी प्रजाको आकाशमें गन्धर्व-नगरके समान सङ्कल्पसे उत्पन्न कर दिया। उनके स्वर्ग और अपवर्गके लिये तथा धर्म, काम और अर्थकी सिद्धिके लिये अनन्त चित्र-विचित्र शास्त्रोंकी कल्पना की। ब्रह्मारूपी मन-की कल्पनासे जगत्की स्थिति होनेके कारण ब्रह्माके जीवनके साथ ही इसकी स्थिति है, उनके नाशके साथ यह भी नाशको प्राप्त होता है। द्विजवर! वास्तवमें कहीं कोई न उत्पन्न होता है और न मरता है। सब कुछ मिथ्या दीख पड़ता है। यह विश्व-प्रपञ्च आशारूपी सर्पिणियोंकी पिटारी है। इसका त्याग करो। 'यह असत् है' यों जानकर मातृभावमें स्थित हो। अर्थात् मैं ही इसका उत्पादक हूँ, ऐसी भावना करो। गन्धर्वनगर भूषित हो या अभूषित—वह जिस प्रकार तुच्छ है, उसी प्रकार अविद्याके अंशस्वरूप सुत-दारा आदि-की स्थिति है। फिर इनके लिये सुख-दुःख क्या करना। धन-दारा आदि प्रपञ्चका बढ़ना दुःखमय है। इसमें संतुष्ट होनेकी कोई बात नहीं है। मोह-मायाके बढ़नेपर, भला, इस लोकमें किसको शान्ति मिली है। जिन वस्तुओंकी अधिकतासे मूर्खको अनुराग होता है, उन्हींकी प्राप्तिसे प्राज्ञ पुरुषको वैराग्य उत्पन्न होता है। अतएव, तत्त्वज्ञानी निदाघ! सांसारिक व्यवहारोंमें जो-जो नष्ट होता जाय, उसकी उपेक्षा करते चलो और जो-जो प्राप्त होता जाय, उसे ग्रहण करते जाओ। जो भोग प्राप्त नहीं हैं, स्वभावतः उनकी इच्छा न करना तथा जो प्राप्त हैं, उनका उपभोग करना—यही पण्डितका लक्षण है। सत् और असत्के मध्यमें शुद्ध पदको जानकर तथा उसका अवलम्बन करके आभ्यन्तर तथा बाह्य दृश्योंको न तो ग्रहण करो और न त्याग करो। कर्ममें स्थित जिस ज्ञानी पुरुषकी इच्छा और अनिच्छा समान हैं, उसकी बुद्धि जलमें पद्मपत्रके समान लिपाय-मान नहीं होती। ब्राह्मण! यदि ऐन्द्रिय विषयोंका विभव तुम्हारे हृदयमें स्पन्दित नहीं होता, तो तुम ज्ञातव्य पदार्थको जानकर संसार-सागरसे समुत्तीर्ण हो गये। उच्चपदकी प्राप्तिके लिये अत्यन्त बुद्धिमत्तापूर्वक वासनारूपी पुष्पोंसे गन्ध लेकर उससे शीघ्र ही अपनी चित्तवृत्तिको दूर हटा लो ॥ १५८–१७५ ॥

'वासनारूपी जलसे पूर्ण, इस संसार-सागरमें जो प्रज्ञारूपी नौकापर आरूढ़ हैं, वे विद्वान् दूसरे पार पहुँच गये हैं। संसार-रूपी समुद्रको जाननेवाले पुरुष सांसारिक व्यवहारका न तो त्याग करते हैं न उसकी आकाङ्क्षा ही करते हैं। वे सारे व्यवहारोंका अनासक्तरूपसे निर्वाह करते हैं। सत्तासामान्य अनन्त आत्मतत्त्व-रूप चेतनका जो विषयोन्मुख होना है, उसी-को विज्ञ पुरुष सङ्कल्पका अङ्कुर मानते हैं। वह सङ्कल्प थोड़ी-सी सत्ता प्राप्त करके जब शनैः-शनैः घनीभूत होता है, तब वह बादलके समान दृढ़ होकर चित्ताकाशको आच्छन्न करके जडताका कारण बनता है। चेतन विषयोंको अपनेसे पृथक्की भाँति समझता हुआ, जिस प्रकार बीज अङ्कुरावस्था-को प्राप्त होता है, वैसे ही सङ्कल्पावस्थाको प्राप्त होता है। सङ्कल्पसे सङ्कल्प-क्रिया स्वयं ही उत्पन्न होती है और स्वयं ही शीघ्र-शीघ्र बढ़ती है। वह दुःखका ही कारण बनती है, सुख प्रदान नहीं करती। चित्तमें सङ्कल्पकी क्रिया-को रोको। स्थितिमें पदार्थोंकी भावना मत करो; क्योंकि सङ्कल्पका नाश करनेके लिये जिसने कमर कस ली है, वह पुनः उनका अनुगमन नहीं करेगा। भावनाका केवल अभाव हो जानेपर सङ्कल्प स्वयं ही नष्ट हो जाता है। मुनि! सङ्कल्पके द्वारा ही सङ्कल्पको और मनके द्वारा मनको छिन्न करके तुम अपने आत्मस्वरूपमें स्थित हो जाओ; इसमें दुष्कर ही क्या है? क्योंकि जिस प्रकार यह आकाश शून्य है, उसी प्रकार यह जगत् शून्य है। जिस प्रकार धानका छिलका तथा ताँबेकी कालिमा क्रियासे नष्ट हो जाती है, विप्र! उसी प्रकार पुरुषका मलरूपी दोष क्रियासे दूर हो जाता है। धानके छिलके-की भाँति जीवका मल उसके स्वभावगत है, तथापि वह नष्ट अवश्य हो जाता है—इसमें सन्देह नहीं है। अतएव उद्योगी बनो' ॥ १७६–१८६ ॥

॥ पञ्चम अध्याय समाप्त ॥ ५ ॥

ॐ

षष्ठ अध्याय

ऋभुका उपदेश चालू

'अन्तरकी आस्थारूप एवं भावनामय भावोंकी सम्पत्तिका त्याग करके, हे निष्पाप! तुम जो हो, उसी स्थितिमें इस जगत्में सुखसे विचरण करो। 'मैं सर्वत्र अकर्ता हूँ'—इस भावनाकी दृढ़तासे वह परम अमृता नामकी समता ही शेष रहती है। खेद तथा उल्लासके विलास अपने ही किये हुए हैं—इस भावनासे अपने सङ्कल्पके क्षीण होनेपर समता ही अवशिष्ट रह जाती है। समस्त पदार्थोंमें समताकी जो सत्यनिष्ठ स्थिति है, उसमें चित्तके भलीभाँति स्थित होनेपर वह पुनः आवागमनका कारण नहीं बनता। अथवा मुनि! समस्त कर्तृत्व तथा अकर्तृत्वका त्याग करके, मनको पीकर, तुम जो हो, उसी स्थितिमें स्थिर हो जाओ। अन्तमें समाधिस्थ होकर जिससे तुम त्याग करते हो, उसका भी त्याग कर दो। चेतनने ही मनः-संकल्पका आकार धारण कर रक्खा है तथा वही प्रकाश एवं अन्धकार बना हुआ है। अतः वासना करनेवालेका प्राणस्पन्दनके साथ-साथ समूल त्याग करके आकाशके समान निर्लेप एवं प्रशान्तचित्त हो जाओ। हृदयसे सारी वासनाओंका त्याग करके जो निराकुल होकर रहता है, वह मुक्त है; वह परमेश्वर है। उसने दसों दिशाओंमें भ्रान्तिके वश होकर घूमते हुए समस्त द्रष्टव्य पदार्थोंको देख लिया। युक्तिपूर्वक आचरण करनेवाले ज्ञानी पुरुषके लिये यह संसार गोष्पदके समान सहज ही तरनेयोग्य हो जाता है। शरीरके बाहर तथा भीतर, नीचे-ऊपर तथा दिशाओंमें—इधर-उधर, सर्वत्र आत्मा ही आत्मा है। उसके लिये जगत् अनात्ममय नहीं होता॥१—१०॥

'वह स्थान नहीं है, जहाँ मैं नहीं हूँ, और वह वस्तु नहीं है, जो आत्ममय न हो। मैं दूसरी किस वस्तुकी इच्छा करूँ, सब कुछ सत् और चिन्मय होकर व्याप्त है। यह सब कुछ निश्चयपूर्वक ब्रह्म ही है, यह सब आत्मा ही व्याप्त हो रहा है। हे निष्पाप! मैं और हूँ, यह और है—इस प्रकारकी भ्रान्तिको छोड़ दो। व्यापी और नित्य घनब्रह्ममें कल्पित भावोंकी सम्भावना नहीं है। इसमें न शोक है न मोह है, न जरा है न जन्म है। जो आत्मतत्त्वमें है, वही है; अतएव सर्वदा सर्वत्र किसी वस्तुकी इच्छा न करते हुए तथा जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसीको अनासक्त होकर भोगते हुए सन्ताप-हीन होकर रहो। त्याग और ग्रहणका परित्याग करके सर्वदा विगतज्वर होकर रहो। हे महामतिमान्! जिसका यह अन्तिम जन्म है, उसमें शीघ्र ही, वंशमें श्रेष्ठ मुक्ताके समान, निर्मल विद्या प्रवेश करती है। विरक्त चित्तवालोंकी, सम्यक्रूपसे, स्वानुभूतिसे प्रकट की गयी यह बात है कि द्रष्टाको दृश्यके सम्बन्धसे जो निश्चयात्मिका आनन्द-प्रतीति होती है, उस अपने आत्मतत्त्वसे उत्पन्न स्पन्दनकी हम सम्यक् रीतिसे उपासना करते हैं। वासनाओंके साथ द्रष्टा, दृश्य और दर्शन—इन तीनोंका त्याग करके साक्षात्कारके रूपमें भासमान आत्माकी हम सम्यक् उपासना करते हैं। अस्ति और नास्ति—इन दोनों पक्षोंके बीचमें स्थित, प्रकाशोंको भी प्रकाशित करनेवाले, शाश्वत आत्माकी हम सम्यक् उपासना करते हैं। अपने हृदयमें स्थित महेश्वरको छोड़कर जो अन्य वस्तुकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न करते हैं, वे अपने हाथमें स्थित कौस्तुभ-मणिका त्याग करके दूसरे रत्नकी इच्छा करते हैं। इन इन्द्रियरूपी शत्रुओंको—चाहे ये उठे हुए हों या न हों—बारंबार विवेकरूपी दण्डसे उसी प्रकार मारना चाहिये, जैसे इन्द्र वज्रसे पहाड़ोंको मार गिराते हैं॥ ११—२१॥

'संसाररूपी रात्रिके दुःस्वप्नरूप एवं सर्वथा शून्य इस देहमय भ्रममें जो कुछ प्रपञ्चका प्रसार देखा, सब ही अपवित्र देखा। बाल्यजीवनमें अज्ञानसे आबद्ध रहा, यौवनमें वनिताद्वारा मारा गया; अब अन्तमें यह नराधम स्त्री-पुत्रकी चिन्तामें दुखी होकर क्या कर सकता है। सत्के सिरपर असत् स्थित है। रमणीय भावोंके ऊपर अरमणीयता सवार है। सुखोंके सिर-पर दुःख स्थित हैं। मैं किस एकका आश्रय लूँ? जिनके निमेष और उन्मेषसे जगत्का संहार और सृष्टि होती है, इस प्रकारके पुरुष भी जब कालके गालमें चले जाते हैं, तब मुझ-जैसों-की तो गणना ही क्या है। संसार ही दुःखोंकी अन्तिम सीमा कही गयी है, उसमें शरीरके पड़े रहनेपर सुखास्वादन कैसे हो सकता है? मैं जाग गया हूँ, मैं जाग गया हूँ। मेरी आत्माको चुरानेवाला दुष्ट चोर यह मन ही है। मनने मुझको चिरकाल-से चुरा लिया है। मैं इसको मार डालूँगा। हेय पदार्थोंके लिये खेद न करो, उपादेय पदार्थोंमें अनुरक्त मत होओ। हेय और उपादेयसम्बन्धी दृष्टिका त्यागकर शेषमें स्थित होकर सुस्थिर हो जाओ। संसारकी ओरसे निराशा, निर्भयता, नित्यता,

समता, अभिज्ञता, निष्कामता, निष्क्रियता, सौम्यता, निर्विकल्पता, धृति, मैत्री, संतोष, मृदुता तथा मृदुभाषिता प्रभृति गुण वासनासे विहीन तथा हेयोपादेयसे मुक्त ज्ञानी पुरुषमें रहते हैं। तृष्णारूपी भीलनीके फैलाये हुए वासनारूपी जालमें तुम फँस गये हो; चिन्तारूपी रश्मियोंके द्वारा संसाररूपी मृगजल चारों ओर फैला हुआ है। तात! जिस प्रकार बवंडरसे मेघजाल छिन्न-भिन्न हो जाते हैं, उसी प्रकार इस ज्ञानरूपी तेज बर्छीसे उसे काटकर अपने व्यापक स्वरूपमें स्थित हो जाओ॥ २२–३२॥

'कुल्हाड़ीके द्वारा वृक्षके समान, मनसे ही मनको काटकर पावन पदको शीघ्र ही प्राप्तकर स्थिर हो जाओ। खड़े रहते, चलते, सोते, जागते, निवास करते, उठते और गिरते समय भी 'ये सब असत् ही हैं' ऐसा निश्चय करके दृश्यमें आस्थाको छोड़ दो। यदि इस दृश्यका आश्रय लेते हो तो चित्तयुक्त होकर बन्धनमें पड़ते हो; और यदि इस दृश्यका सम्यक् त्याग करते हो तो चित्तशून्य होकर मोक्षके भागी बनते हो। न मैं हूँ, न जगत् है—इस प्रकार चिन्तन करते हुए तुम पर्वतके समान अचल होकर रहो। आत्मा और जगत्के मध्य, द्रष्टा और दृश्य—इन दोनों अवस्थाओंके बीच अपनेको सर्वदा दर्शनस्वरूप आत्मा ही समझते रहो। आस्वादनके पदार्थ तथा आस्वादनकर्तासे भिन्न तथा इन दोनोंके मध्यमें अवस्थित केवल आस्वादनका ध्यान करते हुए परमात्ममय हो जाओ। बीच-बीचमें निरालम्ब-अवस्थाका अवलम्बन कर स्थिर हो जाओ। रज्जुसे बँधे हुए तो मुक्त हो जाते हैं, परंतु तृष्णासे बँधे हुए जीव किसीके द्वारा भी मुक्त नहीं किये जा सकते। अतएव निदाघ! तुम सङ्कल्पको छोड़ते हुए तृष्णाका त्याग करो। अहंभावशून्यतारूपी बर्छीके द्वारा इस अहंभावमयी, स्वभावतः उत्पन्न हुई पापिनी तृष्णाको काटकर समस्त प्राणियोंको उत्पन्न होनेवाले भयसे अभय होकर सुन्दर परमार्थलोकमें विचरण करो। मैं इन पदार्थोंका हूँ और ये मेरे जीवन हैं, इनके बिना मैं कुछ नहीं हूँ और न ये मेरे बिना कुछ हैं—अन्तःकरणके इस निश्चयका त्याग करके तथा मनसे विचारकर 'मैं पदार्थोंका नहीं हूँ तथा पदार्थ मेरे नहीं हैं'—ऐसी भावना करो। शान्तचित्तसे विचारपूर्वक कर्मोंको सहज भावसे करते हुए जो वासनाका त्याग है, ब्रह्मन्! वही ध्येय कहा गया है॥ ३३–४३॥

'समता रखनेवाली बुद्धिसे जो वासनाका सर्वथा क्षय करके ममतारहित हो जाता है, उसीसे शरीर-बन्धन छोड़ा जाता है। ऐसा वासनाक्षय अवश्यकर्त्तव्य है। जो अहंकारमयी वासनाको सहजमें ही छोड़कर ध्येय वस्तुका सम्यक् त्याग करके स्थित होता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो सङ्कल्परूपी वासनाका मूलसहित त्याग करके शान्तिको प्राप्त होता है, उसीका वह त्याग जानने योग्य है। और उसीको मुक्त एवं ब्रह्मवेत्ताओंमें श्रेष्ठ जानो। ये ही दोनों ब्रह्मत्वको प्राप्त होते हैं, ये ही दो संसारतापसे मुक्त हैं। शम-दमसम्पन्न संन्यासी और योगी; हे मुनीश्वर! यथासमय आ पड़नेवाले सुखों और दुःखोंमें रत नहीं होते। जिसकी अन्तर्दृष्टिमें इच्छा-अनिच्छा दोनों ही नहीं हैं तथा जो सुषुप्तके समान आचरण करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो वासनाशून्य है, वह हर्ष, अमर्ष, भय, क्रोध, काम और कार्पण्यदृष्टिसे न प्रसन्न होता है, न दुखी होता है। जो तृष्णा बाह्य विषयोंकी वासनासे उत्पन्न होती है, वह बन्धनकारक होती है; और जो तृष्णा सब प्रकारके विषयोंकी वासनासे मुक्त होती है, वह मोक्षकारक होती है। 'मुझे अमुक वस्तु प्राप्त हो'—इस प्रकारकी प्रार्थनासे युक्त इच्छा दुःख, जन्म और भय प्रदान करनेवाली होती है। उसे दृढ़ बन्धनस्वरूप जानो। महात्मालोग सत् और असत्रूप सभी पदार्थोंकी इच्छाका सर्वदा एवं सम्यक् त्याग करके परम उदार पदको प्राप्त होते हैं। बन्धकी आस्था (बन्धनकी सत्तामें विश्वास) तथा मोक्षकी आस्था एवं सुख-दुःख-स्वरूपवाली सत् और असत्की आस्थाका सर्वथा त्याग करके तुम प्रशान्त महासागरकी भाँति स्थिर हो जाओ॥ ४४–५३॥

'महात्मन्! पुरुषको चार प्रकारके निश्चय होते हैं। 'पैरसे लेकर सिरतक मेरी सृष्टि माता-पिताके द्वारा हुई है'—यह पहला निश्चय है। ब्रह्मन्! बन्धनमें दुःख देखकर 'मैं सब प्रकारके सांसारिक भावोंसे परे बालके अग्रभागसे भी सूक्ष्म आत्मा हूँ'—इस प्रकारका दूसरा निश्चय संत जनोंको मुक्ति प्रदानके लिये होता है। विप्रवर! तीसरा निश्चय यह है कि 'मैं समस्त जगत्के पदार्थोंका आत्मा हूँ, सर्वस्वरूप और अक्षय हूँ।' यह निश्चय मोक्षका कारण बनता है। 'मैं अथवा जगत् सब आकाशवत् शून्य है'—इस प्रकारका चौथा निश्चय मोक्षसिद्धि प्रदान करता है। इनमेंसे पहला निश्चय बन्धनमें डालनेवाली तृष्णासे युक्त होता है। शेष तीनों निश्चय स्वच्छ, शुद्ध तृष्णासे युक्त होते हैं और इन त्रिविध निश्चयोंवाले पुरुष जीवन्मुक्त तथा आत्मतत्त्वमें विलास करनेवाले होते हैं। परम बुद्धिमान्! सब कुछ मैं ही हूँ—इस प्रकारका जो निश्चय है, उसको ग्रहण करके बुद्धि पुनः विषादको प्राप्त नहीं होती॥ ५४–६०॥

'शून्य ही प्रकृति, माया, ब्रह्मज्ञान, शिव, पुरुष, ईशान तथा नित्य आत्माके नामसे पुकारा जाता है। परमात्ममयी अद्वैतशक्ति ही द्वैत एवं अद्वैतसे उत्पन्न हुए पदार्थोंसे जगत्के निर्माणकी लीला करके विकसित होती है। जो समस्त प्रपञ्चसे परे आत्मपदका आश्रय लेकर एक परिपूर्ण चिन्मय स्थितिमें रहकर न उद्वेग करते हैं न सन्तुष्ट होते हैं, संसारमें वे शोकको

नहीं प्राप्त होते। जो नित्य प्राप्त कर्मको करता है, शत्रु-मित्रको समान दृष्टिसे देखता है तथा इच्छा और अनिच्छासे मुक्त है, न शोक करता है न किसी वस्तुकी इच्छा करता है, सबसे प्रिय बोलता है, पूछे जानेपर मृदु भाषण करता है, और प्राणियोंके आशयको जानता है, वह संसारमें शोकको नहीं प्राप्त होता। ध्येय वस्तुके त्यागसे विलसित होनेवाली पूर्व दृष्टिका अवलम्बनकर, संसार-तापसे रहित एवं आत्मस्थ होकर जीवन्मुक्तकी भाँति जगत्में विचरण करो। सारी आशाओंको हृदयसे त्यागकर, वीतराग एवं वासनाशून्य होकर, बाहरसे समस्त जागतिक व्यवहारोंको भलीभाँति करते हुए संसारमें ताप-रहित होकर विचरण करो। बाहरसे कृत्रिम क्रोधका नाट्य करते हुए तथा हृदयसे क्रोधशून्य, बाहरसे कर्ता तथा हृदयसे अकर्ता बनकर शुद्धचित्तसे लोकमें विचरण करो। अहङ्कारको छोड़कर, शान्तचित्त होकर, कलङ्क-कालिमासे सर्वथा मुक्त हो, आकाश-सा स्वच्छ जीवन ले शुद्ध मनसे लोकमें विचरण करो॥ ६१–६९॥

'उदार एवं श्रेष्ठ आचरणसे युक्त, समस्त सदाचारोंका अनुगमन करता हुआ, भीतरसे अनासक्त होकर बाहरसे यत्नशील-सा रहे। अन्तःकरणमें वैराग्यवान् होकर बाहरसे आशान्वित व्यवहार करे। यह मेरा बन्धु है और वह नहीं है, यह तुच्छ बुद्धिवालोंकी बात है। उदार चरित्रवालोंके लिये तो सारा संसार ही अपना कुटुम्ब होता है। जो भाव और अभावसे मुक्त है, जरा-मरणसे वर्जित है, जहाँ सारे सङ्कल्प पूर्णतः शान्त हो जाते हैं, ऐसे रागरहित एवं सुरम्य पदका आश्रय लो। यह स्वच्छ, निष्काम, दोषविहीन ब्राह्मी स्थिति है। इसको ग्रहण करके विहार करता हुआ पुरुष सङ्कटकालमें मोहको नहीं प्राप्त होता। वैराग्यसे अथवा शास्त्रज्ञानसे तथा महत्त्वादि गुणोंके द्वारा जो सङ्कल्पका नाश किया जाता है, उससे मन स्वयं ही उन्नत अवस्थाको प्राप्त होता है। निराशाके वशीभूत हुआ मन वैराग्यके द्वारा पूर्णताको प्राप्त होता है। वही आशायुक्त होनेपर शरद्में स्वच्छ सरोवरके समान रागको प्राप्त होता है। उसी भोगसे विरक्त मनको पुनः-पुनः प्रतिदिन व्यापारोंमें डालते हुए प्राज्ञ पुरुषको लज्जा क्यों नहीं आती। चित् और विषयके योगको बन्धन कहते हैं। उस योगसे मुक्त होना ही मुक्ति कहलाता है। निश्चयपूर्वक विषयविहीन चित् ही आत्मा है, यह समस्त वेदान्त-सिद्धान्तका सार है। इस निश्चयको ग्रहणकर प्रदीप्त अन्तःकरणसे स्वयं ही अपने आपको देखो। इससे आनन्दपदकी प्राप्ति होगी। मैं चित् हूँ। ये लोक चित् हैं, दिशाएँ चित् हैं। ये जीवमात्र चित् हैं। दृश्य और दर्शनसे मुक्त होकर, केवल स्वच्छ रूपवाला साक्षी चिदात्मा निराभास और नित्य उदित होकर द्रष्टा बन रहा है। विषयोंसे मुक्त, पूर्ण ज्योतिःस्वरूप, समस्त संवेदनसे पूर्णतया मुक्त चित्स्वरूप तथा महान् संवित् मात्र मैं हूँ। मुनीश्वर! सारे सङ्कल्पोंको पूर्णतः शान्त करके समस्त एषणाओंका परित्यागकर निर्विकल्पपदमें जाकर आत्मस्थ हो जाओ॥ ७०–८२॥

'जो ब्राह्मण इस महोपनिषद्का नित्य अध्ययन करता है, वह अश्रोत्रिय हो तो श्रोत्रिय हो जाता है। उपनीत न हो तो उपनीत हो जाता है। वह अग्निपूत होता है, वह वायुपूत होता है, वह सोमपूत होता है, सत्यपूत होता है। वह सर्वथा पवित्र हो जाता है। वह सब देवताओंका परिचित हो जाता है। उसको सारे तीर्थस्नानोंका फल प्राप्त होता है। उसे सब देवताओंके ध्यानका फल मिल जाता है। वह सब यज्ञोंका अनुष्ठान कर लेता है। सहस्रों गायत्रीके जपका फल उसे प्राप्त होता है। सहस्रों इतिहास-पुराणके पाठका फल उसे मिल जाता है। दस हजार प्रणवजपका फल उसे मिलता है। जहाँतक उसकी दृष्टि जाती है, वह पंक्तिको पवित्र करता है। सात पहले और सात आगेकी पीढ़ियोंको पवित्र करता है। यों भगवान् हिरण्यगर्भ—ब्रह्माजीने कहा। इसका जप करनेसे अमृतत्वकी प्राप्ति होती है, यह उपनिषद्—रहस्य है।'

॥ षष्ठ अध्याय समाप्त ॥ ६ ॥

॥ सामवेदीय महोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

शुक्लयजुर्वेदीय

मुक्तिकोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम अध्याय

श्रीराम और हनुमान्‌का संवाद; वेदान्तकी महिमा; मुक्तिके भेद; १०८ उपनिषदोंकी नामावली तथा वेदोंके अनुसार विभाग; उपनिषदोंके पाठका माहात्म्य तथा उनके श्रवणके अधिकारी

ॐश्रीरामचन्द्रजी अयोध्यापुरीमें रमणीय रत्नमण्डपके बीच सीता, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न आदिसे समन्वित होकर रत्नसिंहासनपर आसीन थे । सनक-सनन्दनादि मुनिगण, वशिष्ठ आदि गुरुजन तथा शुकादि अन्यान्य भागवत रात-दिन उनका स्तवन करते रहते थे । सर्वान्तर्यामी एवं निर्विकार श्रीरामचन्द्रजी एक समय अपने स्वरूप-ध्यानमें रत होकर समाधिस्थ हो रहे थे । उनकी समाधि टूटनेपर श्री-हनुमान्‌जीने भक्तिपूर्वक सुननेकी इच्छासे स्तवन करते हुए श्रीरामचन्द्रजीसे पूछा—'रामजी ! आप परमात्मा हैं, सत्-चित् और आनन्दस्वरूप परब्रह्मके अवतार हैं । रघुवर ! इस अवसरपर मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ । श्रीरामजी, मैं आपके यथार्थ स्वरूपको जानना चाहता हूँ, जो मुक्ति प्रदान करनेवाला है, जिससे मैं अनायास—सहजमें ही इस संसार-बन्धनसे छूट जाऊँ । रामजी ! कृपा करके मुझसे उसका वर्णन कीजिये, जिससे मैं मुक्त हो जाऊँ' ॥ १–६ ॥

श्रीरामचन्द्रजीने कहा—'महाबलशाली हनूमान् ! तुमने अच्छा प्रश्न किया । मैं तत्त्वकी बात कहता हूँ, सुनो । मेरा स्वरूप वेदान्तमें अच्छी प्रकारसे वर्णित है, अतएव तुम वेदान्त-शास्त्रका आश्रय लो ।' श्रीहनूमान्‌जीने पूछा—'रघुवंशियोंमें श्रेष्ठ श्रीरामजी ! वेदान्त किसे कहते हैं, और उसकी स्थिति कहाँ है—मुझे बतलायें ।' श्रीरामजीने कहा—'हनूमान्‌जी ! सुनो, मैं तुम्हें अविलम्ब वेदान्तकी स्थिति बतलाऊँगा । मुझ विष्णुके निःश्वाससे सुविस्तृत चारों वेद उत्पन्न हुए । तिलोंमें तेलकी भाँति वेदोंमें वेदान्त सुप्रतिष्ठित है ।' श्रीहनूमान्‌जीने पूछा—'श्रीरामजी ! वेद कितने प्रकारके हैं, और राघव ! उनकी शाखाएँ कितनी हैं तथा उनमें उपनिषद् कौन-कौन-से हैं, यह कृपा करके तत्त्वतः—यथार्थरूपसे समझाइये' ॥७–१०॥

श्रीरामजीने कहा—वेद चार कहे गये हैं—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद । उन चारोंकी अनेकों शाखाएँ हैं, और उन शाखाओंके उपनिषद् भी अनेकों हैं । ऋग्वेदकी इक्कीस शाखाएँ हैं । पवनतनय ! यजुर्वेदकी एक सौ नौ शाखाएँ हैं । और शत्रुतापन ! सामवेदसे सहस्र शाखाएँ निकली हैं । कपीश्वर ! अथर्ववेदकी शाखाओंके पचास भेद हैं । एक-एक शाखाकी एक-एक उपनिषद् मानी गयी है । जो व्यक्ति उन उपनिषदोंके एक भी मन्त्रका भक्तिपूर्वक पाठ करता है, वह व्यक्ति मुनियोंके लिये भी दुर्लभ मेरी सायुज्य-मुक्ति प्राप्त करता है ॥ ११–१४ ॥

हनूमान्‌जीने कहा—श्रीरामजी ! कोई-कोई मुनिश्रेष्ठ कहते हैं कि मुक्ति एक ही प्रकारकी होती है । और कुछ मुनिगण कहते हैं कि तुम्हारा नामस्मरण करनेसे मुक्ति होती है तथा काशीमें मरनेवालेको भगवान् शंकर तारक-मन्त्रका उपदेश देते हैं, जिससे प्राणी मुक्त हो जाता है । दूसरे मुनियोंका कथन है कि सांख्ययोगसे मुक्ति होती है, और कुछ मुनियोंके मतसे भक्तियोग ही मुक्तिका कारण है । अन्य महर्षियोंके कथनानुसार वेदान्त-वाक्योंके अर्थका विचार करनेसे मुक्ति प्राप्त होती है । और किसी-किसीके मतमें सालोक्य, सायुज्य, सामीप्य और कैवल्यरूपसे मुक्ति चार प्रकारकी कही गयी है' ॥ १५-१६ ॥

श्रीरामने कहा—'कपिवर ! कैवल्य-मुक्ति तो एक ही प्रकारकी है, वह परमार्थरूप है । इसके अतिरिक्त भक्तिपूर्वक मेरा नाम-स्मरण करते रहनेसे दुराचारमें लगा हुआ मनुष्य भी सालोक्यमुक्तिको प्राप्त होता है, वहाँसे वह अन्य

लोकोंमें नहीं जाता। जिसकी काशीक्षेत्रमें ब्रह्मनाल नामक प्रदेशके अन्तर्गत मृत्यु होती है, वह मेरे तारक-मन्त्रको प्राप्त करता है, और उसे वह मुक्ति मिलती है, जिससे उसे आवागमनमें नहीं आना पड़ता। काशीक्षेत्रमें चाहे कहीं भी मृत्यु हो, शङ्करजी प्राणीके दाहिने कानमें मेरे तारक-मन्त्रका उपदेश करते हैं, जिससे उसके सारे पापोंके समूह झड़ जाते हैं, तथा वह मेरे सारूप्यको—समान रूपको प्राप्त हो जाता है। वही सालोक्य-सारूप्य मुक्ति कहलाती है। जो द्विज सदाचार-रत होकर नित्य एकमात्र मेरा ध्यान करता है और मुझे सर्वात्मस्वरूप चिन्तन करता है, वह मेरे सामीप्यको प्राप्त होता है—सदा मेरे समीप निवास करता है। वही सालोक्य-सारूप्य-सामीप्य मुक्ति कहलाती है। जब गुरुके द्वारा उपदिष्ट मार्गसे मेरे अव्यय, निर्विकार स्वरूपका ध्यान करता है, तब वह द्विज भ्रमरकीटके समान सम्यक् रूपसे मेरे सायुज्यको प्राप्त करता है। वही कल्याणमयी, ब्रह्मानन्दको प्रदान करनेवाली सायुज्य-मुक्ति है। मेरी उपासनासे जो चार प्रकारकी मुक्तियाँ होती हैं—सायुज्य, सारूप्य, सालोक्य एवं कैवल्य, उनमें यह कैवल्यमुक्ति किस उपायका अवलम्बन करनेसे सिद्ध होती है, सो सुनो ॥ १७–२३ ॥

अकेली माण्डूक्योपनिषद् मुमुक्षुजनोंको मुक्ति प्रदान करनेमें समर्थ है। यदि उससे भी ज्ञानमें परिपक्वता न आये तो दस उपनिषदोंका पाठ करो। उससे ज्ञान प्राप्त करके शीघ्र ही मुझे अद्वैत धाम अर्थात् तेजके रूपमें प्राप्त करोगे। अञ्जनीकुमार! यदि उससे भी ज्ञानकी दृढ़ता न हो तो बत्तीस उपनिषदोंका सम्यक्रूपसे अभ्यास करके संसारसे निवृत्त हो जाओ। यदि विदेहमुक्त—शरीर छोड़नेके बाद मुक्त होना चाहते हो तो एक सौ आठ उपनिषदोंका पाठ करो। उन उपनिषदोंके नाम, क्रम और शान्तिपाठ यथार्थतः कहता हूँ; सुनो। ईश[१], केन[२], कठ[३], प्रश्न[४], मुण्डक[५], माण्डूक्य[६], तैत्तिरीय[७], ऐतरेय[८], छान्दोग्य[९], बृहदारण्यक[१०], ब्रह्म[११], कैवल्य[१२], जाबाल[१३], श्वेताश्वतर[१४], हंस[१५], आरुणिक[१६], गर्भ[१७], नारायण[१८], परमहंस[१९], अमृतबिन्दु[२०], अमृतनाद[२१], अथर्वशिरस्[२२], अथर्वशिखा[२३], मैत्रायणी[२४], कौषीतकिब्राह्मण[२५], बृहज्जाबाल[२६], नृसिंहतापनीय[२७], कालाग्निरुद्र[२८], मैत्रेयी[२९], सुबाल[३०], क्षुरिका[३१], मन्त्रिका[३२], सर्वसार[३३], निरालम्ब[३४], शुकरहस्य[३५], वज्रसूचिका[३६], तेजोबिन्दु[३७], नादबिन्दु[३८], ध्यानबिन्दु[३९], ब्रह्मविद्या[४०], योगतत्त्व[४१], आत्मप्रबोध[४२], नारदपरिव्राजक[४३], त्रिशिखिब्राह्मण[४४], सीता[४५], योगचूडामणि[४६], निर्वाण[४७], मण्डलब्राह्मण[४८], दक्षिणामूर्ति[४९], शरभ[५०], स्कन्द[५१], त्रिपाद्विभूतिमहानारायण[५२], अद्वयतारक[५३], रामरहस्य[५४], रामतापनीय[५५], वासुदेव[५६], मुद्गल[५७], शाण्डिल्य[५८], पैङ्गल[५९], भिक्षुक[६०], महत्[६१], शारीरक[६२], योगशिखा[६३], तुरीयातीत[६४], संन्यास[६५], परमहंसपरिव्राजक[६६], अक्षमाला[६७], अव्यक्त[६८], एकाक्षर[६९], अन्नपूर्णा[७०], सूर्य[७१], अक्षि[७२], अध्यात्म[७३], कुण्डिका[७४], सावित्री[७५], आत्मा[७६], पाशुपत[७७], परब्रह्म[७८], अवधूत[७९], त्रिपुरातापनीय[८०], देवी[८१], त्रिपुरा[८२], कठरुद्र[८३], भावना[८४], रुद्रहृदय[८५], योगकुण्डली[८६], भस्मजाबाल[८७], रुद्राक्षजाबाल[८८], गणपति[८९], जाबालदर्शन[९०], तारसार[९१], महावाक्य[९२], पञ्चब्रह्म[९३], प्राणाग्निहोत्र[९४], गोपालतापनीय[९५], कृष्ण[९६], याज्ञवल्क्य[९७], वराह[९८], शाट्यायनीय[९९], हयग्रीव[१००], दत्तात्रेय[१०१], गरुड[१०२], कलिसंतरण[१०३], जाबालि[१०४], सौभाग्यलक्ष्मी[१०५], सरस्वतीरहस्य[१०६], बह्वृच[१०७] और मुक्तिकोपनिषद्[१०८] ॥ २४–२६ ॥

ये एक सौ आठ उपनिषदें मनुष्यके आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक—तीनों तापोंका नाश करती हैं। इनके पाठ और स्वाध्यायसे ज्ञान और वैराग्यकी प्राप्ति होती है तथा लोक-वासना, शास्त्र-वासना एवं देह-वासनारूप त्रिविध वासनाओंका नाश होता है। पूर्व और पश्चात् विहित प्रत्येक उपनिषद्की शान्तिका पाठ करते हुए, वेदविद्याविशारद, व्रतपरायण, स्नान किये हुए, स्वयं आत्मतत्त्वोपदेष्टाके मुखसे—ग्रहण अर्थात् श्रवण करके जो द्विजश्रेष्ठ अष्टोत्तरशत उपनिषदोंका पाठ करते हैं, वे जबतक प्रारब्धकर्मोंका नाश नहीं हो जाता, तबतक जीवन्मुक्त बने रहते हैं। उसके पश्चात् कालक्रमसे जब प्रारब्धका नाश हो जाता है, तब वे मेरी विदेह-मुक्तिको प्राप्त करते हैं। समस्त उपनिषदोंके बीच एक सौ आठ उपनिषद् सारस्वरूप हैं। इनका एक बार भी श्रवण करनेसे सारे पापोंके समूह नष्ट हो जाते हैं। पवनकुमार! तुम मेरे शिष्य हो, अतएव मैंने तुम्हारे लिये इस शास्त्रका वर्णन किया है। मेरे द्वारा वर्णित यह अष्टोत्तरशत उपनिषद्रूप शास्त्र अत्यन्त गोपनीय है। ज्ञानसे, अज्ञानसे अथवा प्रसङ्गवश भी इनका पाठ करनेसे संसाररूप बन्धनसे मुक्ति मिल जाती है। जो तुमसे राज्य अथवा धन माँगे, उसे उसकी कामना-पूर्तिके लिये राज्य अथवा धन दे सकते हो; परंतु इन एक सौ आठ उपनिषदोंको जिस-किसीको देना ठीक नहीं। निश्चयपूर्वक जो नास्तिक हैं, कृतघ्न हैं, दुराचारी हैं, मेरी भक्तिसे मुँह मोड़े हुए हैं तथा शास्त्ररूप गड्ढोंमें गिरकर मोहित हो रहे हैं अर्थात् जो केवल शास्त्र-चर्चामें ही लगे हुए हैं, उन्हें तो कभी नहीं देना चाहिये। मारुति! सेवापरायण शिष्यको, अनुकूल (आज्ञाकारी) पुत्रको अथवा जो कोई भी मेरा भक्त हो, अच्छे कुलमें उत्पन्न हो, सुशील और सद्बुद्धिसम्पन्न हो, उसे भलीभाँति परीक्षा करके अष्टोत्तरशत उपनिषदों-

को प्रदान करना चाहिये। इस प्रकारका जो व्यक्ति इन उपनिषदोंको पढ़ता या सुनता है, वह मुझको प्राप्त होता है—इसमें कुछ भी संदेह नहीं है ॥ ३७-४७ ॥

यही बात ऋचामें भी कही गयी है। कहते हैं, वेद-विद्या—उपनिषद् ब्राह्मणके पास गयी और बोली—'मेरी रक्षा करो, मैं तुम्हारी निधि हूँ। याद रहे—मुझे निन्दकों, मिथ्याचारी और दुष्ट प्रकृतिवालोंको मत सुनाना, कभी मत सुनाना; तभी मैं वीर्यवती—सामर्थ्ययुक्त अथवा सफल होऊँगी।' जिसे गुरु श्रुतशील (शास्त्राभ्यासी), प्रमादरहित, मेधावी और ब्रह्मचर्यसे युक्त समझे, उसीके समीप आनेपर उसकी सम्यक् परीक्षा करके इस आत्मविषयक वैष्णवी विद्याको प्रदान करे ॥ ४८-४९ ॥

पश्चात् श्रीरामचन्द्रजीसे श्रीहनूमान्‌जीने पूछा—भगवन्! ऋग्वेदादिके अनुसार उपनिषदोंका अलग-अलग विभाग करके शान्ति-मन्त्रोंको मुझपर अनुग्रह करके कहिये ॥ ५० ॥

श्रीरामचन्द्रजीने कहा—ऐतरेय[1], कौषीतकि[2]ब्राह्मण, नाद[3]-बिन्दु, आत्म[4]प्रबोध, निर्वाण[5], मुद्गल[6], अक्षमालिका, त्रिपुरा, सौभाग्य-लक्ष्मी और बह्वृच[10]—ये दस उपनिषद् ऋग्वेदीय हैं और इनका शान्ति-मन्त्र है **'वाङ् मे मनसि'** इत्यादि ॥ ५१ ॥

ईशावास्य[1], बृहदारण्यक[2], जाबाल[3], हंस[4], परमहंस[5], सुबाल[6], मन्त्रिका[7], निरालम्ब[8], त्रिशिखिब्राह्मण[9], मण्डलब्राह्मण[10], अद्वयतारक[11], पैङ्गल[12], भिक्षुक[13], तुरीयातीत[14], अध्यात्म[15], तारसार[16], याज्ञवल्क्य[17], शाट्यायनी[18] और मुक्तिका[19]—ये शुक्लयजुर्वेदके उन्नीस उपनिषद् हैं; इनका शान्तिमन्त्र है **'पूर्णमदः पूर्णमिदम्'** इत्यादि ॥५२॥

कठवल्ली[1], तैत्तिरीय[2], ब्रह्म[3], कैवल्य[4], श्वेताश्वतर[5], गर्भ[6], नारायण[7], अमृतबिन्दु[8], अमृतनाद[9], कालाग्निरुद्र[10], क्षुरिका[11], सर्वसार[12], शुकरहस्य[13], तेजोबिन्दु[14], ध्यानबिन्दु[15], ब्रह्मविद्या[16], योगतत्त्व[17], दक्षिणामूर्ति[18], स्कन्द[19], शारीरक[20], योगशिखा[21], एकाक्षर[22], अक्षि[23], अवधूत[24], कठरुद्र[25], रुद्रहृदय[26], योगकुण्डली[27], पञ्चब्रह्म[28], प्राणाग्निहोत्र[29], वराह[30], कलिसंतरण[31] और सरस्वती-रहस्य[32]—ये कृष्णयजुर्वेदके बत्तीस उपनिषद् हैं; इनका शान्तिमन्त्र है—**'सह नाववतु सह नौ भुनक्तु'** इत्यादि ॥५३॥

केन[1], छान्दोग्य[2], आरुणिक[3], मैत्रायणी[4], मैत्रेयी[5], वज्रसूचिका[6], योगचूडामणि[7], वासुदेव[8], महत्[9], संन्यास[10], अव्यक्त[11], कुण्डिका[12], सावित्री[13], रुद्राक्षजाबाल[14], जाबालदर्शन[15] और जाबालि[16]—ये सामवेदके सोलह उपनिषद् हैं; इनका शान्तिमन्त्र है **'आप्यायन्तु ममाङ्गानि०'** इत्यादि ॥ ५४ ॥

प्रश्न[1], मुण्डक[2], माण्डूक्य[3], अथर्ववशिरस्[4], अथर्वशिखा[5], बृहज्जाबाल[6], नृसिंहतापनीय[7], नारदपरिव्राजक[8], सीता[9], शरभ[10], त्रिपाद्विभूतिमहानारायण[11], रामरहस्य[12], रामतापनीय[13], शाण्डिल्य[14], परमहंसपरिव्राजक[15], अन्नपूर्णा[16], सूर्य[17], आत्मा[18], पाशुपत[19], परब्रह्म[20], त्रिपुरातापनीय[21], देवी[22], भावना[23], भस्मजाबाल[24], गणपति[25], महावाक्य[26], गोपालतापनीय[27], कृष्ण[28], हयग्रीव[29], दत्तात्रेय[30] और गरुड[31]—ये अथर्ववेदके इकतीस उपनिषद् हैं; इनका शान्तिमन्त्र है **'भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम०'** इत्यादि ॥ ५५ ॥

जो लोग मुक्तिके अभिलाषी हैं, जो नित्यानित्यवस्तु-विवेक, इस लोक एवं परलोकके भोगोंसे वैराग्य, शम-दम आदि षट्सम्पत्ति तथा मोक्षाभिलाषरूप साधनचतुष्टयसे सम्पन्न हैं, वे श्रद्धावान् पुरुष सत्कुलमें उत्पन्न, श्रोत्रिय (वेदज्ञान-सम्पन्न), शास्त्रानुरागी, गुणवान्, सरलहृदय, समस्त प्राणियोंकी भलाईमें रत तथा दयाके समुद्र सद्गुरुके निकट विधिपूर्वक भेंट लेकर जाते हैं और उनसे १०८ उपनिषदोंको विधिपूर्वक पढ़कर निरन्तर श्रवण-मनन-निदिध्यासनका अभ्यास करते हैं। फिर प्रारब्धका क्षय होनेपर जब उनके स्थूल, सूक्ष्म तथा आतिवाहिक—तीनों शरीर नष्ट हो जाते हैं, तब वे उपाधिमुक्त घटाकाशके समान परिपूर्णताको प्राप्त करते हैं, अर्थात् ब्रह्ममें लीन हो जाते हैं। यही विदेहमुक्ति कहलाती है, इसीको कैवल्यमुक्ति भी कहते हैं। अतएव ब्रह्मलोकमें रहनेवाले भी ब्रह्माजीके मुखसे वेदान्तका श्रवण-मनन-निदिध्यासन करके उन्हींके साथ कैवल्यको प्राप्त करते हैं। अतः सबके लिये केवल ज्ञानद्वारा ही कैवल्यमुक्ति कही गयी है—कर्मयोग, सांख्य-योग तथा उपासनादिके द्वारा नहीं। यह उपनिषद् है ॥५६॥

॥ प्रथम अध्याय समाप्त ॥ १ ॥

ॐ

द्वितीय अध्याय

जीवन्मुक्ति एवं विदेहमुक्तिका स्वरूप, उनके होनेमें प्रमाण, उनकी सिद्धिका उपाय तथा प्रयोजन

तत्पश्चात् श्रीहनूमान्‌जीने श्रीरामजीसे पूछा—'भगवन्! जीवन्मुक्ति क्या है, विदेह-मुक्ति क्या है और इनके होनेमें प्रमाण क्या है? तथा उनकी सिद्धि कैसे होती है और उस सिद्धिका प्रयोजन क्या है?' ॥ १ ॥

श्रीरामचन्द्रजीने कहा—"हनूमान्! जीवको 'मैं भोक्ता हूँ, मैं कर्ता हूँ, मैं सुखी हूँ और मैं दुखी हूँ'—इत्यादि जो ज्ञान होता है, वह चित्तका धर्म है। यही ज्ञान क्लेशरूप होनेके कारण उसके लिये बन्धनका कारण हो जाता है। इस प्रकारके ज्ञानका निरोध ही जीवन्मुक्ति है। घटरूप उपाधिसे मुक्त घटाकाशकी भाँति प्रारब्धरूप उपाधिके नष्ट होनेपर यह जीव विदेहमुक्त हो जाता है। जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्तिके होनेमें अष्टोत्तरशत-उपनिषद् ही प्रमाण हैं। कर्तापन और भोक्तापन आदि दुःखोंकी निवृत्तिके द्वारा नित्यानन्दकी प्राप्ति ही इनका प्रयोजन है। वह आनन्द-प्राप्ति पुरुषके प्रयत्नसे—पुरुषार्थसे सिद्ध होती है। जैसे पुत्रेष्टि-यज्ञके द्वारा पुत्रकी, वाणिज्य-व्यापारके द्वारा धनकी एवं ज्योतिष्टोम यज्ञके द्वारा स्वर्गकी प्राप्ति होती है, उसी प्रकार पुरुषके प्रयत्नसे होनेवाले वेदान्तके श्रवण-मनन और निदिध्यासनसे उत्पन्न हुई समाधिसे जीवन्मुक्ति आदिकी सिद्धि होती है और वह सारी वासनाओंके नाश होनेपर प्राप्त होती है ॥ २ ॥

"पुरुषका प्रयत्न या पुरुषार्थ दो प्रकारका होता है—शास्त्रविरुद्ध और शास्त्रानुकूल। उनमें शास्त्रविरुद्ध पुरुषार्थ अनर्थका कारण होता है और शास्त्रानुकूल पुरुषार्थ परमार्थको सिद्ध करनेवाला होता है। लोक-वासना, शास्त्र-वासना तथा देह-वासनाके कारण प्राणीको यथार्थज्ञानकी प्राप्ति नहीं होती। अर्थात् ये तीन प्रकारकी वासनाएँ ही ज्ञानकी प्राप्तिमें बाधक हैं। वासनाएँ पुनः दो प्रकारकी होती हैं—शुभ और अशुभ। शुभ वासनाओंके द्वारा, हनूमान्! यदि तुम ज्ञानका अनुशीलन करते हो तो क्रमशः उसके द्वारा मेरे पदको प्राप्त करोगे; और यदि अशुभ भावोंसे युक्त रहते हो तो वे तुम्हें महान् संकटमें डाल देंगे। कपीश्वर! पूर्वके संस्कारोंको तुम्हें यत्नपूर्वक जीतना चाहिये। शुभाशुभ मार्गोंसे बहती हुई वासनारूपी नदीको अपने पुरुषार्थके द्वारा शुभमार्गमें लगाना चाहिये। अशुभ मार्गोंमें जाते हुए वासनाप्रवाहको शुभ मार्गोंमें उतारना चाहिये; क्योंकि मनका यह स्वभाव है कि अशुभसे हटानेपर वह शुभकी ओर जाता है और शुभसे हटाये जानेपर अशुभमें प्रवृत्त होता है। मनुष्यको चाहिये कि पुरुषार्थके द्वारा यत्नपूर्वक चित्तरूपी बालकको फुसलाकर—थपथपाकर शुभमें ही लगाये। अभ्यासके द्वारा जब तुम्हारी दोनों प्रकारकी वासनाएँ जल्दी ही क्षीण होने लगें, तब शत्रुओंका मर्दन करनेवाले हनूमान्! तुम जान लेना कि अभ्यास परिपक्वताको प्राप्त हो गया। पवनकुमार! जहाँ वासनाके अस्तित्वका संदेह भी हो, वहाँ शुभ वासनाओंमें ही बारंबार चित्तको लगाये। शुभ वासनाओंकी वृद्धि होनेपर कभी दोष नहीं उत्पन्न हो सकता ॥ ३—१० ॥

"महामति हनूमान्! वासनाक्षय, विज्ञान और मनोनाश—इन तीनोंका एक साथ चिरकालतक अभ्यास करनेपर ये फल प्रदान करते हैं। जबतक इन तीनोंका बारंबार एक साथ अभ्यास न किया जाय, तबतक सैकड़ों वर्ष बीतनेपर भी कैवल्य-पदकी प्राप्ति नहीं होती। यदि अलग-अलग इनका चिरकालतक भी खूब अभ्यास किया जाय तो, जिस प्रकार टुकड़े-टुकड़े करके जपे हुए मन्त्र सिद्ध नहीं होते, उसी प्रकार इनसे सिद्धिकी प्राप्ति नहीं होती। यदि इन तीनोंका चिरकालतक अभ्यास किया जाय तो हृदयकी दृढ़ ग्रन्थियाँ भी निःसंदेह उसी प्रकार नष्ट हो जाती हैं, जैसे कमलकी नालको तोड़नेपर उसके रेशे टूट जाते हैं। जिस झूठी संसार-वासनाका सैकड़ों जन्मोंसे अभ्यास हो रहा है, वह चिरकालतक साधना किये बिना कदापि क्षीण नहीं होती। इसलिये, प्यारे हनूमान्! पुरुषार्थके द्वारा प्रयत्न करते हुए विवेकपूर्वक भोगकी इच्छाओंको दूरसे ही नमस्कार करके इन तीनोंका सम्यक्‌रूपसे अवलम्बन करो ॥ ११—१६ ॥

"वासनासे युक्त मनको ज्ञानियोंने बद्ध बतलाया है और जो मन वासनासे सम्यक्‌तया मुक्त हो गया है, वह मुक्त कहलाता है। महाकपि! मनको वासनाविहीन स्थितिमें शीघ्र ले आओ। भलीभाँति विचार करनेसे और सत्यके अभ्याससे वासनाओंका नाश हो जाता है। वासनाओंके नाशसे चित्त उसी प्रकार विलीन हो जाता है, जैसे तेलके समाप्त हो जानेपर दीपक बुझ जाता है। वासनाओंका भलीभाँति त्याग

करके मुझ चैतन्यस्वरूपमें जो निवात दीपशिखाके समान निश्चल होकर स्थित रहता है, वह मुझ सच्चिदानन्दस्वरूपको एकीभावसे प्राप्त होता है। समाधि अथवा कर्मानुष्ठान वह करे या न करे। जिसके हृदयमें वासनाका सर्वथा अभाव हो गया है, वही मुक्त है, वही उत्तमाशय है ॥ १७–२० ॥

"जिसके मनसे वासनाएँ दूर हो गयी हैं, उसे न नैष्कर्म्यसे—कर्मोंके त्यागसे मतलब है और न कर्मानुष्ठानसे। उसे समाधान अर्थात् षट्सम्पत्ति और जपकी भी आवश्यकता नहीं है। सारी वासनाओंका त्याग करके मनका मौन धारण करनेके अतिरिक्त कोई दूसरा परम पद नहीं है। किसी प्रकारकी प्रत्यक्ष वासना न होनेपर भी चक्षु आदि इन्द्रियाँ जो स्वतः अपने-अपने बाह्य विषयोंमें प्रवृत्त होती हैं, इसमें कोई-न-कोई सूक्ष्म वासना ही कारण है। अनायास सामने आये हुए दृश्य विषयोंमें जैसे चक्षु-इन्द्रियकी बारंबार प्रवृत्ति रागरहित ही होती है, उसी प्रकार धीर पुरुष कार्योंमें अनासक्तभावसे ही प्रवृत्त होते हैं। पवनतनय! जो सत्ता-बुद्धिसे प्रकट होती है और उसीके अनुकूल होती है तथा जिसमें चित्तका उदय और लय भी होता है, मुनिलोग उसी वृत्तिको वासनाके नामसे पुकारते हैं। चिर-परिचित पदार्थोंके अनन्य चिन्तनके द्वारा जो चित्तमें अत्यन्त चञ्चलता उत्पन्न हो जाती है, वही चित्त-चाञ्चल्य जन्म, जरा और मृत्युका एकमात्र कारण होता है। वासनाके कारण प्राणोंमें स्पन्दन होता है और उस स्पन्दनसे पुनः वासनाकी उत्पत्ति होती है; इस प्रकार चित्तरूपी बीजमें अङ्कुर लगते रहते हैं ॥ २१—२६ ॥

"चित्तरूपी वृक्षके दो बीज हैं—प्राण-स्पन्दन (प्राणोंकी गति) और वासना। इन दोनोंमेंसे एकके भी क्षीण होनेसे दोनों नष्ट हो जाते हैं। अनासक्त होकर व्यवहार करनेसे, संसारका चिन्तन छोड़ देनेसे और शरीरकी विनश्वरताका दर्शन करते रहनेसे वासना उत्पन्न नहीं होती। और वासनाका भलीभाँति त्याग हो जानेपर चित्त अचित्तताको प्राप्त होता है, अर्थात् उसकी वासनात्मिका प्रवृत्ति नष्ट हो जाती है। वासनाके नष्ट हो जानेपर जब मन मनन करना छोड़ देता है, तब मनके निराकृत होनेपर परम शान्तिप्रद विवेककी उत्पत्ति होती है। जबतक तुम्हारे अंदर ज्ञानकी उत्पत्ति नहीं हो जाती, जबतक तुम्हें परमपद अज्ञात है, तबतक गुरु तथा शास्त्र-प्रमाणके द्वारा निर्णीत मार्गका आचरण करो। तदनन्तर कर्मोंका परिपाक होनेपर जब निश्चयपूर्वक तुम्हें तत्त्वका ज्ञान हो जाय, तब तुम्हें निश्चिन्त होकर समस्त शुभ वासनाओंका भी त्याग कर देना चाहिये ॥ २७–३१ ॥

"चित्तनाश दो प्रकारका होता है—सरूप और अरूप। जीवन्मुक्तका चित्तनाश सरूप होता है और विदेहमुक्तका अरूप होता है। अर्थात् जीवन्मुक्तका चित्त स्वरूपसे रहता तो है, पर वह अचित्त हुआ रहता है; विदेहमुक्त होनेपर उसका स्वरूपतः नाश हो जाता है। पवननुत! अब एकाग्रचित्तसे मनोनाशके विषयमें सुनो। जब तुम्हारा मन चित्तनाशकी स्थितिको प्राप्त हो जायगा अर्थात् उसकी अनुसंधानात्मिका वृत्ति शान्त हो जायगी, तब मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा प्रभृति गुणोंसे युक्त होकर वह परमशान्तिको प्राप्त कर लेगा—इसमें कोई संशय नहीं है। जीवन्मुक्तका मन आवागमनसे मुक्त हो जाता है, अतः उसका वह मनोनाश सरूप कहलाता है। विदेह-मुक्ति मिल जानेपर जो मनोनाश होता है, वह अरूप कहलाता है। अतएव सहस्रों अङ्कुर, त्वचा, पत्ते, शाखा एवं फल-फूलसे युक्त इस संसार-वृक्षका यह मन ही मूल है—यह निश्चित हुआ। और वह मन सङ्कल्परूप है। सङ्कल्पको निवृत्त करके उस मनस्तत्त्वको सुखा डालो, जिससे यह संसार-वृक्ष भी नीरस होकर सूख जाय। अपने मनके निग्रहका एक ही उपाय है; वह है यह निश्चय करना कि मनका अभ्युदय—उसका स्फीत होना ही उसका विनाश—पतन है, और उसके नाशमें ही उसका महान् अभ्युदय—उसकी उन्नति है। ज्ञानसे मनोनाश होता है। अज्ञानीका मन उसके लिये शृङ्खलारूप—बन्धनका कारण होता है। रात्रिमें वेतालोंकी भाँति हृदयमें वासनाओंका वेग तभीतक रहता है, जबतक एक तत्त्वके दृढ़ अभ्याससे मनपर विजय नहीं कर ली जाती। जिनका चित्त और अभिमान क्षीण हो गये हैं और इन्द्रियरूपी शत्रु वशमें हो गये हैं, उनकी भोग-वासनाएँ उसी प्रकार क्षीण हो जाती हैं, जैसे हेमन्त ऋतुके आनेपर कमलिनी—कमलका पौधा स्वयमेव नष्ट हो जाता है। हाथसे हाथको मलकर, दाँतसे दाँत पीसकर तथा अङ्गोंको अङ्गोंसे दबाकर—अर्थात् अपनी पूरी शक्ति लगाकर पहले अपने मनको जीतना चाहिये। बारंबार एकाग्रचित्त होकर बैठने तथा सद्युक्तिके द्वारा आत्म-चिन्तन करनेके अतिरिक्त मनको जीतनेका दूसरा कोई उपाय नहीं है ॥ ३२–४१ ॥

"जिस प्रकार मदमत्त हाथी अङ्कुशके बिना वशमें नहीं आता, उसी प्रकार चित्तको वशमें करनेके लिये अध्यात्मविद्याका ज्ञान, सत्सङ्गति, वासनाओंका भलीभाँति परित्याग

तथा प्राणवायुका निरोध अर्थात् प्राणायाम—ये प्रबल उपाय हैं। इन श्रेष्ठ युक्तियोंके रहते हुए जो हठपूर्वक चित्तको निरुद्ध करनेकी चेष्टा करते हैं, वे दीपकको छोड़कर अन्धकारमें भटकते हैं। जो मूढ़ पुरुष हठसे चित्तको वशमें करनेका उद्योग करते हैं, वे उन्मत्त हाथीको कमल-नालके तन्तुओंसे बाँधनेकी चेष्टा करते हैं। वृत्तिरूप लताओंके आश्रयभूत चित्तरूपी वृक्षके दो बीज हैं—एक है प्राणोंका स्पन्दन (गति), दूसरी दृढ़ भावना। प्राण-वायुके सञ्चालनसे घट-घट-व्यापक संवित्—समष्टि-चेतना चलायमान हो उठती है। चित्तकी एकाग्रतासे ज्ञानकी प्राप्ति होती है और उससे मुक्ति-लाभ होता है। अतएव चित्तकी एकाग्रताके साधनोंमें ध्यान-की यथोचित विधि बतलायी जाती है—॥ ४२–४७ ॥

"चित्त सर्वथा विकारहीन न हो, तो भी यशके आविर्भाव और अरिष्टके तिरोभावके क्रमसे केवल चैतन्य—चिदानन्द-स्वरूप परब्रह्मका चिन्तन करो। जिस क्षण चित्त चिदानन्दमें आरूढ़ होता है, वह यशकी स्थिति है; और जिस क्षण उससे अलग होता है, वह अरिष्टकी स्थिति है। चित्तकी चाञ्चल्यके कारण यह स्वाभाविक स्थिति होती है, अतएव अरिष्टकी स्थितिसे पुनः-पुनः यशकी स्थितिमें चित्तको स्थापितकर परब्रह्मके चिन्तनमें लगो। अपानवायुके भीतर रोक दिये जानेपर जबतक हृदयमें प्राणवायुका उदय नहीं होता, तबतक वह कुम्भकावस्था रहती है, जिसका योगीलोग अनुभव करते हैं। और प्राण-वायुके बाहर रोक दिये जानेपर जबतक अपान-वायुका उदय नहीं होता, तबतक जो पूर्ण समावस्था रहती है, उसे बाह्य कुम्भक कहते हैं॥ ४८–५० ॥

"चिरकालतक ध्यानका अभ्यास करते रहनेपर जब अहङ्कार विलुप्त हो जाता है और मनोवृत्ति ब्रह्माकारमें प्रवाहित होने लगती है, तब उसे सम्प्रज्ञात समाधि कहते हैं। जब चित्त-की सारी वृत्तियाँ शान्त हो जाती हैं, उस समय परमानन्द प्रदान करनेवाली असम्प्रज्ञात नामकी समाधि होती है, जो योगियोंको प्रिय है। इस समाधिकी अवस्थामें कुछ भी भान नहीं होता। हो कैसे; उस स्थितिमें मन और बुद्धिका अस्तित्वतक नहीं रहता, केवल चित्स्वरूपकी अवस्थिति होती है। इस समाधिमें चित्त निरालम्ब होकर कैवल्य-स्थिति-में रहता है; मुनिलोग इस समाधिकी भावना करते हैं। इस समाधिमें ऊपर, नीचे और बीचमें—सर्वत्र शिवस्वरूप पूर्ण ब्रह्म ही अनुभूत होते हैं; यह समाधि परमार्थ अर्थात् मोक्ष-स्वरूप है तथा साक्षात् ब्रह्माके मुखसे उपदिष्ट हुई है॥५१–५४॥

"दृढ़ भावनाके द्वारा पूर्वापरका विचार छोड़कर चित्त जो पदार्थके स्वरूपको ग्रहण करता है, उस चित्तविकारको वासना कहते हैं। कपिश्रेष्ठ! आत्मा चित्तके तीव्र संवेगसे जैसी भावना करता है, इतर वासनाओंसे मुक्त होकर वह शीघ्र वैसा ही बन जाता है। इस प्रकारका पुरुष वासनाके वशीभूत होकर जो कुछ देखता है, उसीको सद्वस्तु—यथार्थ मानकर मोहको प्राप्त होता है। वासनाके वेगकी विभिन्नताके कारण चित्त अपने वासनात्मक स्वरूपको नहीं छोड़ता। एक वासनाके छोड़ते-छोड़ते दूसरी वासनामें रमने लगता है। जिस प्रकार नशेके कारण पुरुषकी विवेकबुद्धि नष्ट हो जाती है, उसी प्रकार वह दुर्बुद्धि भ्रान्त होकर सब कुछ देखता है। वासना दो प्रकारकी होती है—शुद्ध और मलिन। मलिन वासना आवागमनमें डालती है और शुद्ध वासना मनुष्यको जन्म-मृत्युसे छुड़ाती है। ज्ञानीजन कहते हैं कि मलिन वासना निबिड़ अहङ्कार और घन अज्ञानस्वरूप होती है, वह पुनर्जन्म प्रदान करती है॥ ५५–६० ॥

"जिस प्रकार बीजके अच्छी प्रकार भुन जानेपर उससे अङ्कुर नहीं उत्पन्न होता, उसी प्रकार संसार-वासनाके नष्ट हो जानेपर पुनर्जन्म नहीं होता। अतएव दग्ध-बीजके समान स्थिति होनी चाहिये। वायुनन्दन! चबाये हुएको चबानेके समान नाना शास्त्रोंकी व्यर्थ आलोचनासे क्या लाभ; प्रयत्न होना चाहिये भीतरी प्रकाशको खोजनेके लिये। कपिशार्दूल! दर्शन और अदर्शन अर्थात् सत्-ख्याति और असत्-ख्याति दोनों-को छोड़कर जो स्वयं कैवल्यरूपमें स्थित रहता है, वह ब्रह्मविद् नहीं, स्वयं ब्रह्मस्वरूप ही है। चारों वेदोंका और अनेकों शास्त्रोंका अध्ययन करके भी जो ब्रह्मतत्त्वको नहीं जानता, वह परमानन्दसे उसी प्रकार वञ्चित रहता है, जैसे कलछुल भोजनके पदार्थोंमें रहती हुई भी उनके रसको नहीं जानती। जिसका अपने शरीरकी अपवित्र गन्धको प्रत्यक्ष करके भी उससे विराग नहीं होता, उसको विराग पैदा करनेवाला दूसरा कौन-सा उपदेश दिया जा सकता है॥ ६१–६४ ॥

"शरीर अत्यन्त मलयुक्त है और आत्मा अत्यन्त निर्मल है; दोनोंके भेदको जानकर किसकी शुचिताका उपदेश किया जाय। जो वासनासे बँधा है, वही बद्ध है; और वासनाओंका नाश ही मोक्ष है। अतएव वासनाओंका सम्यक्रूपसे परित्याग करके मोक्ष-प्राप्तिकी वासनाका भी त्याग करो। पहले मानसी वासनाओंका त्याग करके विषय-वासनाओंका भी त्याग करो; और मोक्षादिकी शुद्ध—निर्दोष वासनाओंको ग्रहण करो।

इसके बाद उनको भी छोड़कर, अथवा उन भव्य वासनाओं-को व्यवहारमें रखते हुए भी भीतरसे शान्त अर्थात् सब प्रकारकी वासनाओंसे मुक्त रहकर सबके प्रति समान स्नेह रखते हुए एकमात्र चित्स्वरूपमें अपनी वासना लगाओ। मारुति! फिर उस चिद्वासनाको भी मन और बुद्धिके साथ परित्याग करके अन्ततोगत्वा तुम मुझमें पूर्णतया समाहित हो जाओ। जो शब्दरहित, स्पर्शरहित, रूपरहित, रसरहित और गन्धरहित है, जो कभी विकारको नहीं प्राप्त होता, जिसका न कोई नाम है और न कोई गोत्र है तथा जो सब प्रकारके दुःखोंको हरनेवाला है—पवनतनय! इस प्रकारके मेरे स्वरूपका तुम भजन करो॥ ६५–७०॥

"हनूमान्! जो साक्षिस्वरूप है, आकाशके समान अनन्त है, जिसे एक बार जान लेनेपर कुछ भी जानना शेष नहीं रहता; जो अजन्मा, एक—अद्वितीय, निर्लेप, सर्वव्यापी एवं सर्वश्रेष्ठ है; जो अकार-उकार-मकाररूप तीन कलाओंसे युक्त तथा सम्पूर्ण कलाओंसे विमुक्त अद्वय-तत्त्व है, वह ओङ्काररूप अक्षर—अविनाशी ब्रह्म मैं ही हूँ। मैं द्रष्टा हूँ, शुद्धस्वरूप हूँ, कभी विकारको प्राप्त नहीं होता और मेरे अतिरिक्त कोई दूसरा पदार्थ नहीं है, जो मेरा विषय बने। अर्थात् मेरा द्रष्टापन भी कहनेके लिये ही है। मैं आगे-पीछे, ऊपर-नीचे—सर्वत्र परिपूर्ण हूँ। मैं भूमा हूँ, मुझमें किसी प्रकारकी कमी नहीं है। हे हनूमान्! तुम मेरे इस स्वरूपका चिन्तन करो। मैं अज हूँ, अमर हूँ, अजर हूँ, अमृत हूँ, स्वयंप्रकाश हूँ, सर्वव्यापी हूँ, अव्यय—अविनाशी हूँ, मेरा कोई कारण नहीं—मैं स्वयम्भू हूँ, समस्त कार्य-कलापसे परे मैं शुद्धस्वरूप हूँ, नित्यतृप्त हूँ—इस प्रकार तुम चिन्तन करो। इस प्रकार चिन्तन करते-करते जब कालवश शरीरपात होगा, तब वायुके स्पन्दनके समान तुम जीवन्मुक्त-पदका भी परित्याग करके निर्वाण मुक्ति—विदेह-मुक्तिकी अवस्थामें पहुँच जाओगे। यही बात ऋचामें भी कही गयी है—'जो आकाशमें तेजोमय सूर्यमण्डलकी भाँति, परमव्योममें चिन्मय प्रकाशद्वारा सब ओर व्याप्त है, भगवान् विष्णुके उस परमधामको विद्वान् उपासक सदा ही देखते हैं। साधनामें सदा जाग्रत् रहनेवाले निष्काम उपासक ब्राह्मण वहाँ पहुँचकर उस परमधामको और भी उद्दीप्त किये रहते हैं, जिसे विष्णुका परमपद कहते हैं। वह परमपद निष्काम उपासकको प्राप्त होता है।' जो इस प्रकार जानता है, वह उक्त फलका भागी होता है। यह महा-उपनिषद् है"॥ ७१–७६॥

॥ द्वितीय अध्याय समाप्त ॥ २ ॥

॥ शुक्लयजुर्वेदीय मुक्तिकोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

मन ही बन्ध-मोक्षका कारण है

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्तं निर्विषयं स्मृतम्॥
(ब्रह्मबिन्दु० २। ३)

मनुष्योंके बन्ध और मोक्षमें मन ही कारण है; विषयासक्त मन बन्धनके लिये है और निर्विषय मन ही मुक्त माना जाता है।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

गर्भोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

गर्भकी उत्पत्ति एवं वृद्धिके प्रकार

ॐ शरीर पञ्चात्मक, पाँचोंमें वर्तमान, छः आश्रयोंवाला, छः गुणोंके योगसे युक्त, सात धातुओंसे निर्मित, तीन मलोंसे दूषित, दो योनियोंसे युक्त तथा चार प्रकारके आहारसे पोषित होता है । पञ्चात्मक कैसे है ? पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश (—इनसे रचा हुआ होनेके कारण) शरीर पञ्चात्मक है । इस शरीरमें पृथिवी क्या है ? जल क्या है ? तेज क्या है ? वायु क्या है ? और आकाश क्या है ? इस शरीरमें जो कठिन तत्त्व है, वह पृथिवी है; जो द्रव है, वह जल है; जो उष्ण है, वह तेज है; जो सञ्चार करता है, वह वायु है; जो छिद्र है, वह आकाश कहलाता है । इनमें पृथिवी धारण करती है, जल एकत्रित करता है, तेज प्रकाशित करता है, वायु अवयवोंको यथास्थान रखता है, आकाश अवकाश प्रदान करता है । इसके अतिरिक्त श्रोत्र शब्दको ग्रहण करनेमें, त्वचा स्पर्श करनेमें, नेत्र रूप ग्रहण करनेमें, जिह्वा रसका आस्वादन करनेमें, नासिका सूँघनेमें, उपस्थ आनन्द लेनेमें तथा पायु मलोत्सर्गके कार्यमें लगा रहता है । जीव बुद्धिद्वारा ज्ञान प्राप्त करता है, मनके द्वारा सङ्कल्प करता है, वाक्-इन्द्रियसे बोलता है ।

शरीर छः आश्रयोंवाला कैसे है ? इसलिये कि वह मधुर, अम्ल, लवण, तिक्त, कटु और कषाय—इन छः रसोंका आस्वादन करता है । षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद—ये सप्त स्वर तथा इष्ट, अनिष्ट और प्रणिधानकारक (प्रणवादि) शब्द मिलाकर दस प्रकारके शब्द (स्वर) होते हैं । शुक्ल, रक्त, कृष्ण, धूम्र, पीत, कपिल और पाण्डुर—ये सप्त रूप (रंग) हैं ॥ १ ॥

सात धातुओंसे निर्मित कैसे है ? जब देवदत्तनामक व्यक्तिको द्रव्य आदि भोग्य-विषय जुड़ते हैं, तब उनके परस्पर अनुकूल होनेके कारण षट्रस पदार्थ प्राप्त होते हैं—जिनसे रस बनता है । रससे रुधिर, रुधिरसे मांस, मांससे मेद, मेदसे स्नायु, स्नायुसे अस्थि, अस्थिसे मज्जा और मज्जासे शुक्र—ये सात धातुएँ उत्पन्न होती हैं । पुरुषके शुक्र और स्त्रीके रक्तके संयोगसे गर्भका निर्माण होता है । ये सब धातुएँ हृदयमें रहती हैं, हृदयमें अन्ताग्नि उत्पन्न होती है, अग्निस्थानमें पित्त, पित्तके स्थानमें वायु और वायुसे हृदयका निर्माण सृजन-क्रमसे होता है ॥ २ ॥

ऋतुकालमें सम्यक् प्रकारसे गर्भाधान होनेपर एक रात्रिमें शुक्र-शोणितके संयोगसे कलल बनता है । सात रातमें बुद्बुद बनता है । एक पक्षमें उसका पिण्ड (स्थूल आकार) बनता है । वह एक मासमें कठिन होता है । दो महीनोंमें वह सिरसे युक्त होता है, तीन महीनोंमें पैर बनते हैं, पश्चात् चौथे महीने गुल्फ (पैरकी घुट्टियाँ), पेट तथा कटि-प्रदेश तैयार हो जाते हैं । पाँचवें महीने पीठकी रीढ़ तैयार होती है । छठे महीने मुख, नासिका, नेत्र और श्रोत्र बन जाते हैं । सातवें महीने जीवसे युक्त होता है । आठवें महीने सब लक्षणोंसे पूर्ण हो जाता है । पिताके शुक्रकी अधिकतासे पुत्र, माताके रुधिरकी अधिकतासे पुत्री तथा शुक्र और शोणित दोनोंके तुल्य होनेसे नपुंसक संतान उत्पन्न होती है । व्याकुल-चित्त होकर समागम करनेसे अंधी, कुबड़ी, खोड़ी तथा बौनी संतान उत्पन्न होती है । परस्पर वायुके संघर्षसे शुक्र दो भागोंमें बँटकर सूक्ष्म हो जाता है, उससे युग्म

(जुड़वाँ) संतान उत्पन्न होती है। पञ्चभूतात्मक शरीरके समर्थ—स्वस्थ होनेपर चेतनामें पञ्च ज्ञानेन्द्रियात्मक बुद्धि होती है; उससे गन्ध, रस आदिके ज्ञान होते हैं। वह अविनाशी अक्षर ॐकारका चिन्तन करता है, तब इस एकाक्षरको जानकर उसी चेतनके शरीरमें आठ प्रकृतियाँ (प्रकृति, महत्-तत्त्व, अहङ्कार और पाँच तन्मात्राएँ) तथा सोलह विकार (पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच स्थूल भूत तथा मन) होते हैं। पश्चात् माताका खाया हुआ अन्न एवं पिया हुआ जल नाड़ियोंके सूत्रोंद्वारा पहुँचाया जाकर गर्भस्थ शिशुके प्राणोंको तृप्त करता है। तदनन्तर नवें महीने वह ज्ञानेन्द्रिय आदि सभी लक्षणोंसे पूर्ण हो जाता है। तब वह पूर्व-जन्मका स्मरण करता है। उसके शुभ-अशुभ कर्म भी उसके सामने आ जाते हैं॥ ३॥

तब जीव सोचने लगता है—'मैंने सहस्रों पूर्व-जन्मोंको देखा, उनमें नाना प्रकारके भोजन किये, नाना प्रकारके—नाना योनियोंके स्तनोंका पान किया। मैं बारंबार उत्पन्न हुआ, मृत्युको प्राप्त हुआ। अपने परिवारवालोंके लिये जो मैंने शुभाशुभ कर्म किये, उनको सोचकर मैं आज यहाँ अकेला दग्ध हो रहा हूँ। उनके भोगोंको भोगनेवाले तो चले गये, मैं यहाँ दुःखके समुद्रमें पड़ा कोई उपाय नहीं देख रहा हूँ। यदि इस योनिसे मैं छूट जाऊँगा—इस गर्भके बाहर निकल गया तो अशुभ कर्मोंका नाश करनेवाले तथा मुक्तिरूप फल-को प्रदान करनेवाले महेश्वरके चरणोंका आश्रय लूँगा। यदि मैं योनिसे छूट जाऊँगा तो अशुभ कर्मोंका नाश करनेवाले और मुक्तिरूप फल प्रदान करनेवाले भगवान् नारायणकी शरण ग्रहण करूँगा। यदि मैं योनिसे छूट जाऊँगा तो अशुभ कर्मोंका नाश करनेवाले और मुक्तिरूप फल प्रदान करनेवाले सांख्य और योगका अभ्यास करूँगा। यदि मैं इस बार योनिसे छूट गया तो मैं ब्रह्मका ध्यान करूँगा।' पश्चात् वह योनिद्वार-को प्राप्त होकर योनिरूप यन्त्रमें दबाया जाकर बड़े कष्टसे जन्म ग्रहण करता है। बाहर निकलते ही वैष्णवी वायु (माया)के स्पर्शसे वह अपने पिछले जन्म और मृत्युओंको भूल जाता है और शुभाशुभ कर्म भी उसके सामनेसे हट जाते हैं॥ ४॥

देह-पिण्डका 'शरीर' नाम कैसे होता है? इसलिये कि ज्ञानाग्नि, दर्शनाग्नि तथा जठराग्निके रूपमें अग्नि इसमें आश्रय लेता है। इनमें जठराग्नि वह है, जो खाये, पिये, चाटे और चूसे हुए पदार्थोंको पचाता है। दर्शनाग्नि वह है, जो रूपोंको दिखलाता है; ज्ञानाग्नि शुभाशुभ कर्मोंको सामने खड़ा कर देता है। अग्निके शरीरमें तीन स्थान होते हैं—आहवनीय अग्नि मुखमें रहता है, गार्हपत्य अग्नि उदरमें रहता है, और दक्षिणाग्नि हृदयमें रहता है। आत्मा यजमान है, मन ब्रह्मा है, लोभादि पशु हैं, धैर्य और संतोष दीक्षाएँ हैं, ज्ञानेन्द्रियाँ यज्ञ-के पात्र हैं, कर्मेन्द्रियाँ हवि (होम करनेकी सामग्री) हैं, सिर कपाल है, केश दर्भ हैं, मुख अन्तर्वेदिका है, सिर चतुष्कपाल है, पार्श्वकी दन्तपंक्तियाँ षोडश कपाल हैं, एक सौ सात मर्मस्थान हैं, एक सौ अस्सी संधियाँ हैं, एक सौ नौ स्नायु हैं, सात सौ शिराएँ हैं, पाँच सौ मज्जाएँ हैं, तीन सौ साठ अस्थियाँ हैं, साढ़े चार करोड़ रोम हैं, आठ पल (तोले) हृदय है, द्वादश पल (बारह तोला) जिह्वा है, प्रस्थमात्र (एक सेर) पित्त, आढकमात्र (ढाई सेर) कफ, कुडवमात्र (पावभर) शुक्र तथा दो प्रस्थ (दो सेर) मेद है; इसके अतिरिक्त शरीरमें आहारके परिमाणसे मल-मूत्रका परिमाण अनियमित होता है। यह पिप्पलाद ऋषिके द्वारा प्रकटित मोक्षशास्त्र है, पैप्पलाद मोक्षशास्त्र है॥ ५॥

॥ गर्भोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

कैवल्योपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

आत्माका स्वरूप तथा उसे जाननेका उपाय

महर्षि आश्वलायन भगवान् प्रजापति ब्रह्माजीके पास विधिपूर्वक समिधा हाथमें लेकर गये और बोले, 'भगवन् ! सदा संतजनोंके द्वारा परिसेवित, अत्यन्त गोप्य तथा अतिशय श्रेष्ठ उस ब्रह्मविद्याका मुझे उपदेश कीजिये, जिसके द्वारा विद्वान्लोग शीघ्र ही सारे पापोंको नष्ट करके परात्पर पुरुष—परब्रह्मको प्राप्त होते हैं ।' ब्रह्माजीने उन महर्षिसे कहा—'आश्वलायन ! तुम उस परात्पर तत्त्वको श्रद्धा, भक्ति, ध्यान और योगके द्वारा जाननेका यत्न करो । उसकी प्राप्ति न कर्मके द्वारा होती है, न संतान अथवा धनके द्वारा । ब्रह्मज्ञानियोंने केवल त्यागके द्वारा अमृतत्वको प्राप्त किया है । स्वर्गलोकसे भी ऊपर गुहामें अर्थात् बुद्धिके गह्वरमें स्थित होकर जो ब्रह्मलोक प्रकाशित है, उसमें यति—संयमशील योगीजन प्रवेश करते हैं । जिन्होंने वेदान्तके सविशेष ज्ञानसे तथा श्रवण, मनन और निदिध्यासनके द्वारा परम तत्त्वका निश्चय कर लिया है, वे शुद्ध अन्तःकरणवाले योगीजन संन्यास-योगके द्वारा ब्रह्मलोकमें जाकर कल्पके अन्तमें अमृतस्वरूप होकर मुक्त हो जाते हैं । स्नानादिसे शुद्ध होनेके अनन्तर निर्जन स्थानमें सुखसे बैठकर, ग्रीवा, सिर और शरीरको सीधे रखकर सारी इन्द्रियोंका निरोध करके भक्ति-पूर्वक अपने गुरुको प्रणाम करके संन्यास-आश्रममें स्थित योगीलोग अपने हृदय-कमलमें रजोगुणरहित, विशुद्ध, दुःख-शोकातीत आत्मतत्त्वका विशदरूपसे चिन्तन करते हैं । इस प्रकार जो अचिन्त्य है, अव्यक्त और अनन्तस्वरूप है, कल्याणमय है, प्रशान्त है, अमृत है; जो ब्रह्म अर्थात् निखिल ब्रह्माण्डका मूल कारण है; जिसका आदि, मध्य और अन्त नहीं; जो एक अर्थात् अद्वितीय है, विभु और चिदानन्द है, रूपरहित और अद्भुत है, उस उमासहित अर्थात् ब्रह्मविद्याके साथ परमेश्वरको, समस्त चराचरके स्वामीको, प्रशान्तस्वरूप, त्रिलोचन, नीलकण्ठ महादेव अर्थात् परात्पर परब्रह्मको—जो सब भूतोंका मूल कारण है, सबका साक्षी है तथा अविद्यासे परे प्रकाशमान हो रहा है, उसको मुनिलोग ध्यानके द्वारा प्राप्त करते हैं ॥ १–७ ॥

'वही ब्रह्मा है, वही शिव है, वही इन्द्र है, वही अक्षर—अविनाशी परमात्मा है, वही विष्णु है; वह प्राण है, वह काल है, अग्नि है, वह चन्द्रमा है । जो कुछ हो चुका है और जो भविष्यमें होनेवाला है, वह सब वही है; उस सनातन तत्त्वको जानकर प्राणी मृत्युके परे चला जाता है । इसके अतिरिक्त मुक्तिका दूसरा कोई मार्ग नहीं है । जो आत्माको सब भूतोंमें देखता है तथा सब भूतोंको आत्मामें देखता है, वह परब्रह्मको प्राप्त करता है; दूसरे किसी उपायसे नहीं । आत्मा—अन्तःकरणको नीचेकी अरणि तथा प्रणवको ऊपरकी अरणि बनाकर ज्ञानीजन ज्ञानरूपी मन्थनके अभ्यासद्वारा संसार-बन्धनको नष्ट कर देते हैं—ज्ञानाग्निमें जला डालते हैं । वही प्राणी मायाके वशीभूत अत्यन्त मोहग्रस्त होकर शरीरको ही अपना स्वरूप मान सब प्रकारके कर्मोंको करता है । वही जाग्रत् अवस्थामें स्त्री, अन्न-पान आदि नाना प्रकारके

भोगोंको भोगता हुआ परितृप्ति लाभ करता है। वही जीव स्वप्नावस्थामें अपनी मायासे कल्पित जीवलोकमें सुख-दुःखका भोक्ता बनता है और सुषुप्तिकालमें सारे मायिक प्रपञ्चके विलीन होनेपर वह तमोगुणसे अभिभूत होकर सुख-स्वरूपको प्राप्त होता है। पुनः जन्मान्तरोंके कर्मोंकी प्रेरणासे वह जीव सुषुप्तिसे स्वप्न-जगत्में उतरता है और उसके बाद जाग्रत्-अवस्थामें आता है। इस प्रकार स्थूल, सूक्ष्म और कारण-शरीररूपी तीन पुरोंमें जो जीव क्रीडा करता है, उसीसे यह सारा प्रपञ्च-वैचित्र्य उत्पन्न होता है ॥ ८–१४ ॥

'इस समस्त प्रपञ्चका आधार आनन्दस्वरूप अखण्ड बोध है—जिसमें स्थूल, सूक्ष्म और कारण-शरीररूपी तीनों पुर लयको प्राप्त होते हैं। इसीसे प्राण उत्पन्न होता है, मन और सारी इन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं; आकाश, वायु, अग्नि, जल और सारे विश्वको धारण करनेवाली पृथ्वी उत्पन्न होती है। जो परब्रह्म सबका आत्मा है, समस्त कार्य-कारणरूप विश्वका महान् आयतन अर्थात् आधार है, जो सूक्ष्म-से-सूक्ष्म है, अविनाशी है, वह तुम्हीं हो, तुम वही हो। जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति आदि जो प्रपञ्च भासमान है, वह ब्रह्म-स्वरूप है और वही मैं हूँ—यों जानकर जीव सारे बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है। तीनों धाम अर्थात् जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्तिमें जो कुछ भोक्ता, भोग्य और भोग हैं, उनसे विलक्षण साक्षी, चिन्मात्रस्वरूप, सदाशिव मैं हूँ। मुझमें ही सब कुछ उत्पन्न हुआ है, मुझमें ही सब कुछ प्रतिष्ठित है, मुझमें ही सब लयको प्राप्त होता है; वह अद्वय ब्रह्मस्वरूप मैं ही हूँ। मैं अणुसे भी अणु हूँ, इसी प्रकार मैं महान्से भी महान् हूँ; यह विचित्र विश्व मेरा ही स्वरूप है। मैं पुरातन पुरुष हूँ, मैं ईश्वर हूँ, मैं हिरण्यमय पुरुष ब्रह्मा हूँ, मैं शिवस्वरूप हूँ। वह पाणि-पाद-विहीन, अचिन्त्यशक्ति परब्रह्म मैं हूँ। मैं नेत्रोंके बिना देखता हूँ, कानोंके बिना सुनता हूँ, बुद्धि आदिसे पृथक् होकर मैं ही जानता हूँ; मुझको जाननेवाला कोई नहीं है; मैं सदा चित्स्वरूप हूँ। समस्त वेद मेरा ही ज्ञान कराते हैं, मैं ही वेदान्तका कर्ता हूँ, वेदवेत्ता भी मैं ही हूँ। मुझे पुण्य-पाप नहीं लगते, मेरा कभी नाश नहीं होता और न जन्म ही होता है। और न मेरे शरीर, मन-बुद्धि और इन्द्रियाँ ही हैं। मेरे लिये न भूमि है न जल है, न अग्नि है, न वायु और न आकाश ही है।' जो इस प्रकार गुहा—बुद्धिके गह्वरमें स्थित, निष्कल (अवयवहीन) और अद्वितीय, सदसत्से परे सबके साक्षी मेरे परमात्मस्वरूपको जानता है, वह शुद्ध परमात्मस्वरूपको प्राप्त होता है। जो शतरुद्रियका पाठ करता है, वह अग्निपूत होता है, वायुपूत होता है, आत्मपूत होता है, सुरापानके दोषसे छूट जाता है, ब्रह्महत्याके दोषसे मुक्त हो जाता है; वह स्वर्णकी चोरीके पापसे छूट जाता है, वह शुभाशुभ कर्मोंसे उद्धार पाता है, भगवान् सदाशिवके आश्रित हो जाता है तथा अविमुक्तस्वरूप हो जाता है। अतएव जो आश्रमसे अतीत हो गये हैं, उन परमहंसोंको सदा-सर्वदा अथवा कम-से-कम एक बार इसका पाठ अवश्य करना चाहिये। इससे उस ज्ञानकी प्राप्ति होती है, जो भवसागरका नाश कर देता है। इसलिये इसको इस प्रकार जानकर मनुष्य कैवल्यरूप मुक्तिको प्राप्त होता है, कैवल्य-पदको प्राप्त होता है ॥ १५–२५ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय कैवल्योपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

ज्ञानमयी दृष्टि

'दृष्टिं ज्ञानमयीं कृत्वा पश्येद् ब्रह्ममयं जगत्।'

'दृष्टिको ज्ञान (ब्रह्म) मयी करके जगत्को ब्रह्ममय देखे।'

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

कठरुद्रोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

संन्यासकी विधि और आत्मतत्त्वका वर्णन

हरिः ॐ एक समय देवगण भगवान् प्रजापतिके पास गये और बोले—भगवन् ! हमें ब्रह्मविद्याका उपदेश कीजिये । भगवान् प्रजापति बोले—"शिखासहित केशोंका मुण्डन करा और यज्ञोपवीतका त्याग करके, पुत्रको देखकर यों कहे—'तुम ब्रह्मा हो, तुम यज्ञ हो, तुम वषट्कार हो, तुम ॐकार हो, तुम स्वाहा हो, तुम स्वधा हो, तुम धाता हो, तुम विधाता हो, तुम प्रतिष्ठा हो ।' तब पुत्र कहे, 'मैं ब्रह्मा हूँ, मैं यज्ञ हूँ, मैं वषट्कार हूँ, मैं ॐकार हूँ, मैं स्वाहा हूँ, मैं स्वधा हूँ, मैं धाता हूँ, मैं विधाता हूँ, मैं त्वष्टा हूँ, मैं प्रतिष्ठा हूँ ।' परिव्राजक (संन्यासी) होकर घरसे निकलनेपर जब पुत्र-कलत्रादि पीछे-पीछे चलें तो उनको देखकर अश्रुपात न करे । यदि अश्रुपात करेगा तो सन्तानका नाश हो जायगा । फिर वे सब लोग संन्यासीकी प्रदक्षिणा करके इधर-उधर बिना देखे लौट जाते हैं । ऐसा संन्यासी देवलोकका अधिकारी होता है ।

"ब्रह्मचारीके रूपमें वेदोंका अध्ययन करने एवं वेद-शास्त्रानुसार ब्रह्मचर्यका पालन करनेके पश्चात् विवाहपूर्वक पुत्रोंको उत्पन्न करके, उनको सुसंस्कृत बना, यथाशक्ति यज्ञ-हवन करके अपने बन्धु-बान्धवों तथा गुरुजनोंसे अनुज्ञा प्राप्तकर संन्यास ग्रहण किया जा सकता है । इस प्रकार संन्यास ग्रहण करनेवाला वनमें जाकर बारह रात्रियोंतक दुग्धसे अग्निहोत्र करे, बारह रात्रियोंतक केवल दुग्धाहारपर रहे । बारह रात्रियोंके अन्तमें विष्णुसम्बन्धी तथा प्रजापतिसम्बन्धी चरुको, जो तीन मिट्टीकी ठीकरियोंपर सिद्ध किया गया हो, वैश्वानर अग्नि तथा प्रजापतिके उद्देश्यसे हवनकर अग्निहोत्रमें प्रयुक्त दारुपात्रोंको भी अग्निमें होम दे । मिट्टीके पात्रोंका जलमें विसर्जन कर दे और तैजस—स्वर्णादिके बने पदार्थोंको अपने गुरुको प्रदान कर दे । उस समय यों कहे—'तू मुझे छोड़कर दूर न जाना, और मैं तुम्हें छोड़कर दूर नहीं जाऊँगा ।' कुछ शास्त्रोंके मतसे, इसके पश्चात् गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनीय—इन तीनों प्रकारकी यज्ञाग्नियोंसे अरणियोंके पाससे भस्मकी मुष्टि लेकर पान करे । शिखासहित केशोंका वपन कराके और यज्ञोपवीत उतारकर 'ॐ भूः स्वाहा' इस मन्त्रसे जलमें डाल दे । इसके बाद अनशन, जलप्रवेश, अग्नि-प्रवेश, वीरोंके मार्गका ग्रहण करके (पाण्डवोंकी भाँति) महा-प्रस्थान करे, अथवा किसी वृद्ध संन्यासीके आश्रममें चला जाय । दुग्ध अथवा जलके साथ जो कुछ वह भोजन करे, वही उसका सायंकालीन हवन है; प्रातःकाल जो भोजन करे, वही प्रातः-कालीन हवन है । अमावास्याको जो भोजन करता है, वही दर्श-यज्ञ है । पूर्णिमाको जो भोजन करता है, वह उसका पौर्णमास्य यज्ञ है । वसन्त ऋतुमें जो वह केश, दाढ़ी, मूँछ, शरीर-रोएँ, नख आदि कटवाता है, वह उसका अग्निष्टोम है । संन्यास लेनेके बाद पुनः अग्न्याधान न करे, **'मृत्युर्जयमावहम्'** इत्यादिक आध्यात्मिक मन्त्रोंका पाठ करे । **'स्वस्ति सर्वजीवेभ्यः'**—सब जीवोंका कल्याण हो, यह कहकर केवल आत्मतत्त्वका ध्यान करता हुआ, ऊपर हाथ उठाये प्रपञ्चातीत पथमें विचरण करे, गृहहीन होकर विचरण करे । भिक्षान्नके सिवा और कुछ ग्रहण न करे । थोड़ी देर भी एक जगह न

टहरे, जीव-हिंसासे बचनेके लिये केवल वर्षाकालमें भ्रमण न करे।

"इस विषयमें दूसरे श्लोक भी हैं, जिनका भाव इस प्रकार है—'संन्यासीको चाहिये कि वह कुण्डिका, चमस तथा शिक्य (झोली) आदिको, तथा तिपाई, जूते, शीतको दूर करनेवाली कन्था (कथरी), कौपीनके ऊपर अङ्ग ढकनेवाला वस्त्र, कुशका बना पवित्र, स्नानके अनन्तर धारण करनेका वस्त्र तथा उत्तरीय वस्त्र, यज्ञोपवीत एवं वेदाध्ययन—सबका त्याग कर दे। वह अपना स्नान, पान तथा शौच पवित्र जलके द्वारा सम्पादन करे। नदीके किनारे जाकर सोये या देवमन्दिरमें सोये। अत्यधिक आराम न करे अथवा आयासके द्वारा शरीरको व्यर्थ कष्ट न दे, दूसरोंके द्वारा अपनी स्तुति सुनकर प्रसन्न न हो और निन्दा सुनकर गाली या शाप न दे। संन्यासी प्रमादरहित होकर ब्रह्मचर्यपूर्वक जीवन बिताये। स्त्रियोंका दर्शन, स्पर्श, केलि—क्रीडा, चर्चा, गुह्य (कामसम्बन्धी) विषयोंकी बातचीत, काम-सङ्कल्प, सम्भोगके लिये प्रयत्न तथा सम्भोगकी क्रिया—ये आठ प्रकारके मैथुन विचारवान् पुरुषोंने गिनाये हैं। उपर्युक्त अष्टविध मैथुनके त्यागरूप ब्रह्मचर्यका पालन मुमुक्षुजनोंको करना चाहिये॥ १—६ ॥

"जो जगत्का प्रकाशक है, नित्य प्रकाशके रूपमें अपनेद्वारा ही प्रकाशित है, वही जगत्का साक्षी है, निर्मल आकृतिवाला सबका आत्मा है। वह प्रज्ञानघनस्वरूप है, सब प्राणी उसीमें प्रतिष्ठित हैं। मनुष्य न कर्मके द्वारा, न संतानके द्वारा और न अन्य किसी साधनके द्वारा—बल्कि ब्रह्मानुभवके द्वारा ही ब्रह्मको प्राप्त कर सकता है। वह सत्य-ज्ञान-आनन्दरूप अद्वितीय ब्रह्म इस माया, अज्ञान, गुहा आदि नामोंसे कहे जानेवाले संसारमें व्याप्त है तथा केवल विद्याके द्वारा जाना जाता है। जो परम व्योम नामक नित्य धाममें विराजमान इस ब्रह्मको जानता है, वह द्विजश्रेष्ठ क्रमशः सभी कामनाओंको प्राप्त कर लेता है—पूर्णकाम हो जाता है। अज्ञान और मायाशक्तिके साक्षी प्रत्यगात्माको जो 'मैं एक ब्रह्मस्वरूप हूँ' यों जानता है, वह स्वयं ब्रह्म हो जाता है॥ ७—१२ ॥

"पूर्वोक्त शक्तियुक्त इस ब्रह्मस्वरूप आत्मासे उसी प्रकार अपञ्चीकृत आकाश अर्थात् शब्द-तन्मात्र उत्पन्न हुआ, जैसे रज्जुमें सर्पका भान होता है। पुनः आकाशसे वायुसंज्ञक अपञ्चीकृत स्पर्श-तन्मात्र उत्पन्न हुआ। वायुसे अग्नि, अग्निसे जल और जलसे पृथिवी उत्पन्न हुई। उन सूक्ष्म भूतोंको शिवरूप ईश्वरने पञ्चीकृत करके उन्हींसे ब्रह्माण्ड आदिकी सृष्टि की। ब्रह्माण्डके भीतर प्राणियोंके पुराकृत कर्मोंके अनुसार देव, दानव, यक्ष, किन्नर, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि योनियोंकी सृष्टि हुई तथा अस्थि, स्नायु आदिसे निर्मित यह प्राणियोंका शरीर भी कर्मानुसार ही प्रकाशित हो रहा है। समस्त शरीरधारियोंका यह जो अन्नमय आत्मा—स्थूल शरीर प्रकाशित हो रहा है, उससे भिन्न एक प्राणमय आत्मा और है, जो इस अन्नमय आत्माके भीतर स्थित है। उससे भी सूक्ष्म दूसरा विज्ञानमय आत्मा है, जो प्राणमय आत्माके भी भीतर स्थित है। उससे भी सूक्ष्म आनन्दमय आत्मा है, जो विज्ञानमय आत्माके भी भीतर है। अन्नमय आत्मा प्राणमयसे भरा है, उसी प्रकार प्राणमय आत्मा स्वभावतः मनोमय आत्मासे पूर्ण है। मनोमय आत्मा विज्ञानमयसे पूर्ण है। सदा सुखस्वरूप विज्ञानमय आत्मा आनन्दसे पूर्ण रहता है। उसी प्रकार आनन्दमय आत्मा अपनेसे भिन्न साक्षिरूप सर्वव्यापी, सर्वान्तर्यामी ब्रह्मके द्वारा पूर्ण है। वह ब्रह्म किसी दूसरेके द्वारा नहीं, बल्कि स्वतः सब ओरसे पूर्ण है। जो यह सत्य एवं ज्ञानस्वरूप अद्वितीय ब्रह्म है, वही सबका पुच्छ—आधार है। वह सबका सार एवं रसमय (आनन्दस्वरूप) है। उस सनातन तत्त्वको प्राप्तकर यह देही सर्वत्र सुखी होता है। इसके सिवा अन्यत्र सुखता कहाँ है? अखिल प्राणियोंके आत्मस्वरूप इस परानन्द ब्रह्मके न होनेपर कौन मानव जीता रह सकता है अथवा कौन प्राणी नित्य चेष्टा करता है? अतएव सर्वान्तर्यामीरूपसे जो चित्तमें भासित होता है, वही परमपुरुष दुःखोंसे घिरे हुए जीवात्माको सदा आनन्द प्रदान करता है॥ १३—२५ ॥

"जो अदृश्यत्व आदि लक्षणोंसे युक्त इस परतत्त्वसे अभेदरूप परमाद्वैतको प्राप्त कर लेता है, वही महासंन्यासी है। सद्रूप परब्रह्म जो देश-काल-वस्तुसे अपरिच्छिन्न है, वही अभयपद है, परम कल्याणस्वरूप है, परम अमृत है। जबतक मनुष्यको इससे थोड़ा भी अन्तर—व्यवधान दीख पड़ता है, तबतक उसे (जन्म-मृत्युका) भय है—इसमें संदेह नहीं। भगवान् विष्णुसे लेकर क्षुद्रातिक्षुद्र तृणपर्यन्त सभी तारतम्यके अनुसार नित्य इसी आनन्दकोषसे आनन्द प्राप्त करते हैं। इस लोक तथा परलोकके भोगोंसे विरक्त, प्रसन्न चित्तवाले श्रोत्रियको यह स्वरूपभूत आनन्द स्वयं ही अनुभूत होता है—उसी प्रकार जैसे स्वयं परमात्माके अंदर होता है। शब्दकी प्रवृत्ति किसी निमित्तको लेकर होती है। परतत्त्वमें निमित्तका अभाव होनेसे वाणी वहाँसे लौट आती

है । जो सब विशेषोंसे रहित परानन्दरूप तत्त्व है, वहाँ शब्दकी प्रवृत्ति कैसे हो । इस कारण यह मन सूक्ष्म और व्यावृत अर्थात् सीमित शक्ति-सम्पन्न होकर सर्वत्र गमन करता है । क्योंकि श्रोत्र, त्वक्, नेत्र आदि ज्ञानेन्द्रियाँ तथा शब्द, स्पर्श आदि उनके विषय एवं वाक्, पाणि आदि कर्मेन्द्रियाँ सीमित शक्तिसम्पन्न हैं । अतएव परतत्त्वको प्राप्त करनेमें ये समर्थ नहीं हैं । जो साधक उस द्वन्द्वरहित, निर्गुण, सत्य-स्वरूप और विज्ञानघन ब्रह्मानन्दको 'यह मेरा ही स्वरूप है'—इस प्रकार जान लेता है, उसे कहीं भी भय नहीं होता । इस प्रकार जो अपने इन्द्रियोंका स्वामी अपने गुरुके उपदेशसे आत्मसाक्षात्कारके द्वारा ब्रह्मानन्दको जानता है, वह साधु-असाधु कर्मोंके द्वारा कभी संतप्त नहीं होता । विषय तापक हैं और चित्त ताप्य है; चित्त और उसके विषयोंसे यह अखिल जगत् विभासित हो रहा है । परन्तु वेदान्त-शास्त्रके वाक्योंके ज्ञानसे यह प्रत्यगात्माके रूपमें अनुभूत होता है । शुद्ध-बुद्ध-मुक्त-स्वभाव ब्रह्म, ईश्वर-चैतन्य, जीव-चैतन्य, प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय और फल—ये सप्तविध तत्त्व कहे गये हैं, जिनमें व्यवहारको लेकर भेद है । मायाकृत उपाधियोंसे अत्यन्त मुक्त ब्रह्म—शुद्ध चैतन्य कहलाता है । मायाके सम्बन्धसे वह ईश है, अविद्याके वशीभूत वही जीव है, तथा अन्तःकरणके सम्बन्धसे वही प्रमाता—ज्ञाता कहलाता है । उस अन्तःकरणकी वृत्तिके सम्बन्धसे वह प्रमाण-संज्ञाको प्राप्त होता है । वह चैतन्य जबतक अज्ञात है, तबतक प्रमेय-कोटिमें आता है और वही ज्ञात हो जानेपर फल कहलाता है । अतएव बुद्धिमान् पुरुष अपने-आपको 'मैं सब उपाधियोंसे मुक्त हूँ'—इस प्रकार चिन्तन करे । इस प्रकार जो तत्त्वतः जानता है, वह ब्रह्मत्वको प्राप्त करनेयोग्य हो जाता है । मैंने समस्त वेदान्तके सिद्धान्तोंका सार यथार्थतः कहा है । जीव स्वयं—अपने ही कर्मोंसे उत्पन्न होता है, स्वयं ही मरता है और स्वयं ही अवशिष्ट रहता है । यह सब आत्माकी क्रीडा है, आत्माके सिवा कोई दूसरा तत्त्व नहीं है । यही उपनिषद्—रहस्य है'' ॥ २६–४३ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय कठरुद्रोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

देहनाशसे आत्माका नाश नहीं

घटावभासको भानुर्घटनाशे न नश्यति ।
देहावभासकः साक्षी देहनाशे न नश्यति ॥ (आत्मप्रबोध० १८)

'जैसे घड़ेका प्रकाशक सूर्य घड़ेके नाश हो जानेपर नष्ट नहीं होता, वैसे ही देहका प्रकाशक साक्षी (आत्मा) देहके नाशसे नाशको नहीं प्राप्त होता ।'

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

रुद्रहृदयोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

भगवान् रुद्रकी सर्वश्रेष्ठता, सर्वस्वरूपता और ब्रह्मस्वरूपता

हरिः ॐ रुद्रहृदय, योगकुण्डली, भस्मजाबाल, रुद्राक्षजाबाल और गणपति—ये पाँच उपनिषद् प्रणवके मूल तत्त्वको बतलाते हैं । ये श्रुतिके महावाक्य हैं, ब्रह्म-ज्ञानात्मक अग्निहोत्रके ये पाँच महामन्त्र हैं, अथवा मुक्तिकी प्राप्तिके लिये पाँच ब्रह्म अर्थात् मन्त्रात्मक अग्निहोत्र हैं ॥ १ ॥

श्रीशुकदेवजीने व्यासजीके चरणोंमें सिर झुकाकर प्रणाम किया और बोले, 'भगवन् ! बतलाइये, सब वेदोंमें किस एक देवताका प्रतिपादन हुआ है और किसमें सारे देवता वास करते हैं ? किसकी सेवा-पूजा करनेसे सर्वदा सब देवता मुझपर प्रसन्न रहेंगे ?' श्रीशुकदेवजीकी इस बातको सुनकर उनके पिता उनसे बोले—"शुक ! सुनो—भगवान् रुद्र सर्वदेवस्वरूप हैं, और सब देवता रुद्रस्वरूप हैं । रुद्रके दक्षिण पार्श्वमें सूर्यभगवान्, ब्रह्माजी तथा गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनीय—ये तीन प्रकारके अग्निदेव स्थित हैं । वामपार्श्वमें भगवती उमा, विष्णुभगवान् और सोम—ये तीन हैं । जो भगवती उमा हैं, वही विष्णुभगवान् हैं और जो विष्णुभगवान् हैं, वही चन्द्रमा हैं । जो गोविन्दको नमस्कार करते हैं, वे शङ्करजीको नमस्कार करते हैं । और जो भक्तिपूर्वक विष्णुभगवान्‌की अर्चना करते हैं, वे वृषभध्वज अर्थात् शङ्करजीकी ही पूजा करते हैं । जो विरूपाक्ष अर्थात् भगवान् आशुतोषसे द्वेष करते हैं, वे जनार्दनसे ही द्वेष करते हैं । जो रुद्रको नहीं जानते, वे केशवको भी नहीं जानते । रुद्रसे बीज उत्पन्न होता है और उस बीजकी योनि (अर्थात् क्षेत्र) विष्णुभगवान् हैं । जो रुद्र हैं, वे स्वयं ब्रह्मा हैं और जो ब्रह्मा हैं, वे अग्निदेव हैं । रुद्र ब्रह्मा और विष्णुस्वरूप हैं । और अग्नि-सोमात्मक समस्त जगत् भी रुद्र ही है । सृष्टिमें जितने पुँल्लिङ्ग प्राणी हैं, सब महेश्वर हैं और जितने स्त्रीलिङ्ग प्राणी हैं, सब भगवती उमा हैं । सारी स्थावर और जङ्गमस्वरूप सृष्टि उमा-महेश्वररूप है । समस्त व्यक्त जगत् उमाका स्वरूप है । और अव्यक्त जगत् महेश्वरका स्वरूप है । उमा और शङ्करका योग ही विष्णु कहलाता है । जो उन विष्णुभगवान्‌को भक्तिपूर्वक नमस्कार करते हैं, वे आत्मा, परमात्मा और अन्तरात्मा—इस त्रिविध आत्माको जानकर परमात्माको प्राप्त होते हैं । अन्तरात्मा ब्रह्मा हैं और परमात्मा महेश्वर हैं । और सभी प्राणियोंके सनातन आत्मा विष्णुभगवान् हैं । इस त्रिलोकी-रूप वृक्षके, जिसके तने और शाखाएँ भूमिपर फैली हुई हैं, अग्रभाग विष्णु हैं । मध्य (तना) ब्रह्मा हैं और मूलभाग भगवान् महेश्वर हैं । विष्णु कार्यरूप हैं, ब्रह्मा क्रियारूप हैं और महेश्वर कारण-स्वरूप हैं । प्रयोजनके अनुसार रुद्रने अपनी एक ही मूर्तिको तीन प्रकारसे व्यवस्थित किया है । धर्म रुद्रस्वरूप है, जगत् विष्णुस्वरूप है और समस्त ज्ञान ब्रह्मास्वरूप हैं । 'श्रीरुद्र रुद्र रुद्र' इस प्रकारसे जो बुद्धिमान् जपता है, इससे समस्त देवोंका कीर्तन हो जानेके कारण वह सब पापोंसे मुक्त हो जाता है ॥ २–१६ ॥

"पुरुष रुद्रस्वरूप हैं और स्त्रियाँ उमास्वरूपा हैं—इन दोनों प्रकारके रूपोंमें भगवान् रुद्र और भगवती उमाको

नमस्कार है। रुद्र ब्रह्मा हैं और उमा वाणी हैं। इन दोनों रूपोंमें रुद्र और उमाको नमस्कार। रुद्र विष्णु हैं और उमा लक्ष्मी हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र सूर्य हैं और उमा छाया हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र चन्द्रमा हैं और उमा तारा हैं, उनको और उनको नमस्कार। रुद्र दिवस हैं और उमा रात्रि हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र यज्ञ हैं और उमा वेदी हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र अग्निदेव हैं और उमा स्वाहा हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र वेद हैं और उमा शास्त्र हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र वृक्ष हैं और उमा लता हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र गन्ध हैं और उमा पुष्प हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र अर्थ हैं और उमा अक्षर हैं। उनको और उनको नमस्कार। रुद्र लिङ्ग हैं और उमा पीठ हैं। उनको और उनको नमस्कार। इस प्रकार सर्वदेवात्मक रुद्रको पृथक्-पृथक् नमस्कार करे। मैं भी इन्हीं मन्त्रपदोंके द्वारा महेश्वर और पार्वतीको नमस्कार करता हूँ। मनुष्य जहाँ-जहाँ रहे, इस अर्धालीसहित मन्त्रका उच्चारण करता रहे। ब्रह्महत्यारा भी यदि जलमें प्रविष्ट होकर इस मन्त्रका जाप करे तो सब पापोंसे मुक्त हो जाता है॥ १७–२५॥

"जो सबका अधिष्ठान है, द्वन्द्वातीत है, सच्चिदानन्दस्वरूप, सनातन परम ब्रह्म है, मन और वाणीके अगोचर है, शुक! उसके भलीभाँति जान लेनेपर यह सब ज्ञात हो जाता है; क्योंकि सब कुछ उसका ही स्वरूप है, उससे भिन्न कुछ भी नहीं है। दो विद्याएँ जानने योग्य हैं—वे हैं परा और अपरा। उनमें अपरा विद्या यह है—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्यौतिष; तथा मुनीश्वर! इस अपरा विद्यामें आत्मविषयके अतिरिक्त सब प्रकारके बौद्धिक ज्ञानका समावेश हो जाता है। अब परा विद्या वह है, जिसके द्वारा आत्मविषयका ज्ञान होता है। वह आत्मतत्त्व परम अविनाशी है। वह देखनेमें नहीं आता, ग्रहण नहीं किया जाता। नाम-रूप और गोत्रसे वर्जित है। उसके चक्षु और श्रोत्र नहीं हैं। वह विषयातीत है, उसके हाथ-पैर नहीं हैं; वह नित्य है, विभु है, सर्वगत है, सूक्ष्मसे सूक्ष्म है तथा वह कभी विकारको प्राप्त नहीं होता। वह सब भूतोंका प्रभव-स्थान है, उस परमात्माको धीर पुरुष अपने आत्मामें देखते हैं॥ २६–३२॥

"जो सर्वज्ञ है—जिसे भूत-भविष्य-वर्तमानका ज्ञान है, जो सम्पूर्ण विद्याओंका आश्रय है, ज्ञान ही जिसका तप है, उसीसे भोक्ता एवं अन्नरूपमें यह समस्त जगत् उत्पन्न होता है। जो जगत् सत्यकी तरह प्रतीत होता है, वह सब ब्रह्ममें उसी प्रकार स्थित है, जैसे रज्जुमें सर्प। वही यह अविनाशी ब्रह्म सत्य है; जो इसको जानता है, वह मुक्त हो जाता है। ज्ञानसे ही संसार-बन्धनका नाश होता है, कर्मसे नहीं। अतएव मुमुक्षुको विधिपूर्वक श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ अपने गुरुके पास जाना चाहिये। तब गुरु उसे ब्रह्म और आत्माके एकत्वका ज्ञान करानेवाली पराविद्या प्रदान करे। यदि पुरुष गुहामें निहित उस अक्षरब्रह्मको साक्षात् कर लेता है तो अविद्यारूपी महाग्रन्थिको काटकर वह सनातन शिवके पास पहुँच जाता है। यही वह अमृतरूप सत्य है, जो मुमुक्षुओंको जानना चाहिये॥ ३३–३७॥

"प्रणव धनुष है, आत्मा बाण है और ब्रह्म वह लक्ष्य कहलाता है। उसको प्रमादरहित होकर बींधना (चिन्तन करना) चाहिये तथा लक्ष्यमें घुसे हुए बाणकी भाँति ही उस ब्रह्ममें तन्मय हो जाना चाहिये। लक्ष्य अर्थात् ब्रह्म सर्वगत है। शर अर्थात् आत्मा सब ओर मुखवाला है और वेद्धा अर्थात् साधक यदि सर्वगत हो तो शिवरूप लक्ष्यकी प्राप्तिमें संशय नहीं रह जाता। जहाँ चन्द्रमा और सूर्यका विग्रह प्रकाशित नहीं होता, जहाँ वायु तथा सम्पूर्ण देवताओंकी भी गति नहीं है, वे ही ये तेजोमय परमात्मा साधकके द्वारा चिन्तन करनेपर अपने विशुद्ध एवं रजोगुणरहित स्वरूपसे प्रकाशित होते हैं। इस शरीररूपी वृक्षमें जीव और ईश्वर नामके दो पक्षी निवास करते हैं। उनमें जीव कर्मोंका फल भोगता है, महेश्वर नहीं। महेश्वर कर्मफलका भोग न करते हुए केवल साक्षीरूपमें प्रकाशित हो रहा है, उसमें जीव और ईश्वरका भेद मायाके द्वारा कल्पित है। जिस प्रकार घटाकाश और महाकाश आकाशके ही कल्पित भेद हैं, उसी प्रकार परमात्माके जीव और ईश्वररूप भेद भी कल्पित हैं। वस्तुतः तो चिन्मय जीवात्मा सदा स्वतः साक्षात् शिव है। जीव और ईश्वरमें जो चित् है, वह चित्के औपाधिक आकार-भेदसे भिन्न-भिन्न प्रतीत होती है, स्वरूपतः भिन्न नहीं है; क्योंकि स्वरूपतः भेद होनेपर तो दोनोंकी चित्स्वरूपताकी ही हानि हो जायगी। (जड वस्तुमें ही स्वरूपगत भेद होता है, चित्में नहीं।) चित्से जो चित्का भेद कहा जाता है, वह चिदाकारता (चिन्मयता) से

नहीं, अपितु जडरूप उपाधिके ही कारण है। यदि भेद है तो वह भेद जडरूप ही है। चित् तो सर्वत्र एक ही होती है। युक्ति और प्रमाणसे चित्की एकता ही निश्चित होती है; इसलिये जब पुरुषको चित्के एकत्वका परिज्ञान हो जाता है, तब वह न शोकको प्राप्त होता है न मोहको। वह केवल अद्वैत परमानन्दस्वरूप शिव-भावको प्राप्त हो जाता है। समस्त जगत्का अधिष्ठान वह सत्यस्वरूप चिद्घन परमात्मा है। मुनिलोग उसे 'अहम् अस्मि' (वह परमात्मा मैं ही हूँ) ऐसा निश्चय करके शोकरहित हो जाते हैं। अपने अन्तःकरणमें स्वयंज्योतिः-स्वरूप सर्वसाक्षी परमात्माको वे ही पुरुष देखते हैं, जिनके दोष क्षीण हो गये हैं; जो मायासे आवृत हैं, वे इतर प्राणी नहीं देख सकते। जिस महायोगीको इस प्रकार स्वरूप-ज्ञान हो गया है, उस पूर्णस्वरूपताको प्राप्त हुए सिद्ध महात्माका कहीं आना-जाना नहीं होता। जिस प्रकार एक और पूर्ण आकाश कहीं नहीं जाता, उसी प्रकार अपने आत्मतत्त्वका अनुभव करनेवाला ज्ञानी महात्मा कहीं नहीं जाता। जो मुनि निश्चयपूर्वक उस परम ब्रह्मको जानता है, वह अपने स्वरूपमें स्थित हो, सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म ही हो जाता है" ॥ ३८–५२ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय रुद्रहृदयोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

आठ गुणोंसे युक्त आत्माको जाननेका फल

य आत्मापहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसङ्कल्पः सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः स सर्वांश्च लोकानाप्नोति सर्वांश्च कामान्यस्तमात्मानमनुविद्य विजानातीति ह प्रजापतिरुवाच। (छान्दोग्य० ८ । ७ । १)

प्रजापतिने कहा—जो आत्मा पापरहित, जरा (बुढ़ापा) रहित, मृत्युरहित, शोकहीन, भूखसे रहित, प्याससे रहित, सत्यकाम और सत्यसङ्कल्प (इन आठ स्वभावगत गुणोंसे युक्त) है, उसे खोजना चाहिये, उसे जानना चाहिये। जो उसको खोजकर जान लेता है, वह सब लोकोंको और समस्त कामनाओंको प्राप्त हो जाता है।



॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

नीलरुद्रोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

भगवान् नीलरुद्रकी महिमा और शिव-विष्णुकी एकता

भगवान् नीलकण्ठ ! आपको हम अपने दिव्यधामसे नीचे पृथिवीपर अवतीर्ण होते देखते हैं। हम देखते हैं कि आप दुष्टोंका विनाश करते हुए अपने उग्र रुद्ररूपसे मयूर-पिच्छके समान गगनको ही मुकुट बनाये पृथिवीपर अवतीर्ण होते हैं और पृथिवीमें प्रतिष्ठित होते हैं; क्योंकि आप ही भूमिके अधीश्वर हैं। (तात्पर्य यह कि नीलकण्ठ भगवान् रुद्र अपने गगनव्यापी स्वरूपसे दिव्यधामसे पृथिवीपर अवतीर्ण होकर दुष्टोंका नाश करके पृथिवीकी रक्षा करते हैं। वे पृथिवीके अधिदेवता हैं। उनकी अष्टविध मूर्तियोंमें पृथिवी भी एक मूर्ति है। इस मन्त्रमें भगवान् शिवकी भूमिमयी मूर्तिका निर्देश है।)

लोगो ! इन भगवान् नीलकण्ठको देखो, जिनका वर्ण अत्यन्त लाल है। ये प्राणियोंके जीवनस्वरूप हैं। ये भगवान् रुद्र जलमें निक्षिप्त ओषधियोंमें पधारकर पापोंका विनाश करते हैं। (जलमें ओषधियाँ डालकर उसके द्वारा अभिषेक करनेसे पापनाश होता है।) निश्चय ही तुम्हारे अकल्याणको नष्ट करनेके लिये और तुम्हारे अप्राप्त अभीष्टको प्राप्त करानेके लिये वे (योगक्षेमकारी ओषधियुक्त जलरूप भगवान् रुद्र) तुम्हारे समीप आयें। (इस मन्त्रमें भगवान् रुद्रकी जलमयी मूर्तिका निर्देश है।)

क्रोधस्वरूप भगवान् रुद्र ! आपको नमस्कार। मन्यु (क्रोधावेश)-स्वरूप भगवान् भव ! आपको नमस्कार। भगवान् नीलकण्ठ ! आपकी दोनों भुजाओंको नमस्कार और आपके बाणको भी नमस्कार। कैलासवासी ! आप पर्वतपर (संसारसे अलग) रहकर सबका मङ्गल करते हैं। भगवन् ! जिस बाणको दुष्टोंपर फेंकनेके लिये आपने अपने हाथमें धारण किया है, गिरित्राता ! उस बाणको हमारे लिये कल्याणकारी बनाइये। उसके द्वारा पुरुषों (हमारे स्वजनों) का वध मत कीजिये।

कैलासवासिन् ! (अपनी) कल्याणमयी (पवित्र) वाणीके द्वारा हम आपके निर्मल गुणोंका वर्णन करते हैं। क्योंकि यों करनेसे हमारे लिये यह समस्त जगत् दुःख-रहित तथा अनुकूल हो जायगा। आपके जो बाण हैं, वे कल्याणमय हैं। आपका धनुष कल्याणकारी होता है। आपके धनुषकी प्रत्यञ्चा भी कल्याणरूपिणी है। हे मृड ! हे मङ्गल-स्वरूप ! इन सबके द्वारा आप हमें जीवन प्रदान करते हैं। (तात्पर्य यह कि भगवान् रुद्रका विनाशक रूप एवं विनाशके समस्त साधन भगवद्भक्तोंके लिये तथा जगत्के लिये नव-जीवनका विधान करनेके लिये हैं और वास्तविक रूपमें कल्याणस्वरूप हैं।)

भगवान् रुद्र ! आप पर्वतपर रहकर सबका कल्याण करनेवाले हैं। आपका जो पापहारी अघोर (सौम्य) स्वरूप है, आप अपने उस कल्याणकारी स्वरूपके द्वारा हमें सब ओरसे प्रकाशित करें। अर्थात् हमारे सम्मुख सदा सब ओर आपका सौम्य मङ्गलमय स्वरूप ही रहे। ये जो आपकी ताम्रवर्ण, हल्की लाल, भूरी, अत्यन्त लाल तथा और भी सहस्रों रुद्रमूर्तियाँ (किरणें) चारों ओर दिशाओंमें व्याप्त हैं, निश्चय ही हम स्तुतिके लिये उनकी कामना करते हैं। (यहाँ अन्तमें भगवान् रुद्रके सूर्यस्वरूपका निर्देश है) ॥१॥

विलोहित (अधिक रक्तवर्ण) नीलकण्ठ भगवान् ! हमने अवतार ग्रहण करते हुए आपको देखा है। आपको (उस अवताररूपमें) या तो गोपोंने देखा है या जल भरनेवाली गोपसुन्दरियोंने देखा है। योगियोंके लिये भी दुर्दर्श आपको (उस श्यामसुन्दर-स्वरूपमें) विश्वके समस्त प्राणियोंने देखा है। उस देखे हुए श्रीकृष्णस्वरूपधारी आपको नमस्कार। (यहाँ श्रुति भगवान् रुद्र एवं अवतार-विग्रहोंके एकत्वका निर्देश करती है।) मयूरपिच्छधारी (मयूर-मुकुटी)! आपको हम नमस्कार करते हैं। आप ही महान्

शक्तिशाली इन्द्र हैं । (देवराज इन्द्र नहीं, जो असुरोंसे पराजित होते हैं ; यहाँ गोविन्दसे तात्पर्य है ।) अथवा आप अपने भक्तोंके सामने हजारों (असंख्य) नेत्रोंसे सम्पन्न विराट्स्वरूपमें भी प्रकट होते हैं। और आपके इस (श्रीकृष्ण) स्वरूपके जो सत्त्वात्मक सहचर (गोपाल, गोपिकाएँ आदि) हैं, उन्हें हम नमस्कार करते हैं ।

भगवन् ! आपके शक्तिशाली किंतु इस समय प्रयुक्त न होनेवाले आयुधोंको अनेक नमस्कार ! दोनों हाथ जोड़कर मैं आपके धनुषको नमस्कार करता हूँ । अपने और शत्रुके—इन दोनों पक्षोंके राजाओंके लिये आप अपने धनुषकी प्रत्यञ्चाको उतार दीजिये । अर्थात् आप शान्तस्वरूप धारण कर लें और युद्धकी आशङ्का ही मिटा दें। भगवन् ! आपके हाथमें जो बाण हैं, उन्हें लौटा लें—तूणीरमें रख लें। अर्थात् अपनी संहार-मूर्तिका त्याग करके अपने परम सौम्य शिवरूपमें मुझे दर्शन दें ।

सहस्राक्ष, शिखण्डी, शत बाणोंके युगपत्संधानकर्ता ! आप अपने धनुषको चढ़ाकर, अपने बाणोंके मुखोंको तीक्ष्ण करके हमारे कल्याण एवं सुखके लिये उन्हें धनुषपर चढ़ायें । (हमारे शत्रुओंके नष्ट होनेपर) आपका धनुष प्रत्यञ्चा-रहित हो । क्लेश देनेकी क्रिया छोड़कर बाण तूणीरमें रक्खे जायँ । आपके बाण, जो पर्वतोंको भी चूर्ण करनेवाले हैं, इस आपके निषङ्ग (तरकस) में प्रवेश करके कल्याणमय हों । आपके धनुषमें संधान किया हुआ बाण विश्वमें चारों ओरसे हमारी रक्षा करे। इस रक्षणके अनन्तर आप अपने उस बाणको अपने तूणीरमें रख दें । भक्तोंपर अत्यधिक कृपाकी वर्षा करनेवाले ! आपके समीप जो अमोघ बाण है और आपके हाथमें जो धनुष है, उनके द्वारा आप चारों ओरसे हमारा परिपालन करें ।

उन सर्पों (डसनेवाले जीवों) को नमस्कार, जो पृथिवीपर रहते हैं । जो आकाशमें रहते हैं और जो स्वर्गमें रहते हैं, उन सर्पों (कष्ट देनेवाली शक्तियों) को नमस्कार । जो प्रकाशमय लोकोंमें (ग्रहोंमें) रहते हैं तथा जो सूर्यकी किरणोंमें रहते हैं, जो इस जलमें रहनेवाले हैं, उन सब सर्पों (क्लेशदायिका शक्तियों) को नमस्कार । जो राक्षसोंके बाणके रूपमें हैं, जो वनस्पतियोंमें रहते हैं और जो गड्ढोंमें पड़े हैं, उन सब सर्पोंको नमस्कार । (इस मन्त्रमें सर्वत्र व्यापक भगवान् रुद्रके कालस्वरूपका निर्देश है ।)

जो भगवान् शङ्कर अपने भक्तोंके लिये नीलकण्ठ स्वरूप धारण करते हैं, अर्थात् भक्तोंके कल्याणके लिये ही जिन्होंने हालाहल पान करके उसे चिह्नरूपमें अपने गलेमें धारण किया है, जो भगवान् अपने निज जनोंके लिये हरितवर्ण श्रीहरि रूप बन जाते हैं (यहाँ भगवान् शिव एवं भगवान् विष्णुका एकत्व प्रतिपादित है), हे ओषधियो ! उन काली पूँछवाले (महिषरूपधारी भगवान् केदारेश्वर) के लिये शीघ्र अमोघ शक्तिसम्पन्न बनो; क्योंकि इससे तुम उन्हें संतुष्ट कर सकोगी ।

वे पिङ्गलवर्ण एवं पिङ्गल कानोंवाले, नीलकण्ठधारी भगवान् शिव यही हैं, जिन सर्वस्वरूप, नीलशिखण्डधारी (सर्वव्यापक) भगवान् विरूपाक्ष भव (शङ्कर) के द्वारा देवताओंके ही नहीं, अपितु बाणोंका प्रयोग करनेवाले—चेतन प्राणिमात्रके पिता ब्रह्माजी मारे गये । हे वीर ! सर्वव्यापक स्वरूपसे उन्हें ही प्रत्येक कर्ममें (व्यापक एवं कर्मरूप) देखो । यह उन (भगवान् शङ्कर) के सम्बन्धमें पूछनेकी इच्छा (शङ्का) को छोड़ दो; जिसके द्वारा हम इस विश्वको उनसे विभक्त कर देते हैं—उनसे अलग भोग्य मान लेते हैं । अर्थात् इस विश्वको उन्हींका रूप मानना चाहिये । जगत्कारणस्वरूप भगवान् भवको नमस्कार, संहारकर्ता रुद्रको नमस्कार, जगत्का नाश करनेके लिये शत्रुरूप बने हुए प्रभुको नमस्कार, उन नीलशिखण्डधारी (गगनमुकुटी) को अथवा काले सींगोंवाले (महिषरूप केदारेश्वर नीलरुद्र) को नमस्कार तथा उन (दक्षकी) सभा (विवाहमण्डप) को सुशोभित करनेवाले कुमाररूप प्रभुको नमस्कार।

जिनसे घोड़े उत्पन्न हुए, खच्चर हुए तथा चारों ओर दौड़नेवाले गधे हुए, उन नीलशिखण्डधारी (महिषरूप केदारेश्वर नीलरुद्र) को नमस्कार । सभामण्डपकी शोभा बढ़ानेवाले उन भगवान्को नमस्कार, नमस्कार ॥ ३ ॥

॥ अथर्ववेदीय नीलरुद्रोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

ऋग्वेदीय

सरस्वतीरहस्योपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः । शान्तिः ॥ शान्तिः ॥॥

दस बीजमन्त्रोंसे युक्त ऋग्वेदके मन्त्रोंसे सरस्वतीदेवीकी स्तुति, उसका फल; नाम-रूपके सम्बन्धसे ब्रह्मकी जगत्-स्वरूपता और समाधिका वर्णन

हरिः ॐ । कथा है कि एक समय ऋषियोंने भगवान् आश्वलायनकी विधिपूर्वक पूजा करके पूछा—"भगवन्! जिससे 'तत्' पदके अर्थभूत परमात्माका स्पष्ट बोध होता है, वह ज्ञान किस उपायसे प्राप्त हो सकता है ? जिस देवताकी उपासनासे आपको तत्त्वका ज्ञान हुआ है, उसे बतलाइये ।" भगवान् आश्वलायन बोले—'मुनिवरो ! बीजमन्त्रसे युक्त दस ऋचाओंसहित सरस्वती-दशश्लोकीके द्वारा स्तुति और जप करके मैंने परासिद्धि प्राप्त की है ।' ऋषियोंने पूछा—'उत्तम व्रतका पालन करनेवाले मुनीश्वर ! किस प्रकार और किस ध्यानसे आपको सारस्वत-मन्त्रकी प्राप्ति हुई है तथा जिससे भगवती महासरस्वती प्रसन्न हुई हैं, वह उपाय बतलाइये ।' तब वे प्रसिद्ध आश्वलायन मुनि बोले, 'इस श्री-सरस्वती-दशश्लोकी महामन्त्रका मैं आश्वलायन ही ऋषि हूँ, अनुष्टुप् छन्द है, श्रीवागीश्वरी देवता हैं, 'यद्वाग्' यह बीज है, 'देवीं वाचं' यह शक्ति है, 'प्र णो देवी' यह कीलक है, श्रीवागीश्वरी देवताके प्रीत्यर्थ इसका विनियोग है । श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, धारणा, वाग्देवता तथा महासरस्वती—इन नाम-मन्त्रोंके द्वारा अङ्गन्यास किया जाता है । (जैसे, **ॐ श्रद्धायै नमो हृदयाय नमः, ॐ मेधायै नमः शिरसे स्वाहा, ॐ प्रज्ञायै नमः शिखायै वषट्, ॐ धारणायै नमः कवचाय हुम्, ॐ वाग्देवतायै नमो नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ महासरस्वत्यै नम अस्त्राय फट् ।**)

ध्यान

हिम, मुक्ताहार, कपूर तथा चन्द्रमाकी आभाके समान शुभ्र कान्तिवाली, कल्याण प्रदान करनेवाली, सुवर्णसदृश पीत चम्पक पुष्पोंकी मालासे विभूषित, उठे हुए सुपुष्ट कुचकुम्भोंसे मनोहर अङ्गवाली वाणी अर्थात् सरस्वतीदेवीको मैं, विभूति (अष्टविध ऐश्वर्य एवं निःश्रेयस)के लिये, मन और वाणी-द्वारा नमस्कार करता हूँ ।

'ॐ प्र णो देवी' इस मन्त्रके भरद्वाज ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, श्रीसरस्वती देवता हैं । **ॐ नमः**—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है । इष्ट अर्थकी सिद्धिके लिये इसका विनियोग है । मन्त्रके द्वारा अङ्गन्यास होता है ।

'वस्तुतः वेदान्त-शास्त्रका अर्थभूत ब्रह्मतत्त्व ही एकमात्र जिनका स्वरूप है और जो नाना प्रकारके नाम-रूपोंमें व्यक्त हो रही हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें ।'

ॐ प्र णो देवी सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती धीनामविट्र्यवतु ॥ १ ॥

ॐ—दानसे शोभा पानेवाली, अन्नसे सम्पन्न तथा स्तुति करनेवाले उपासकोंकी रक्षा करनेवाली सरस्वतीदेवी हमें अन्नसे सुरक्षित करें (अर्थात् हमें अधिक अन्न प्रदान करें) ॥१॥

'आ नो दिवः०' इस मन्त्रके अत्रि ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं, ह्रीं—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है।

अभीष्ट प्रयोजनकी सिद्धिके लिये इसका विनियोग है। इसी मन्त्रके द्वारा अङ्गन्यास करे।

'अङ्गों और उपाङ्गोंके सहित चारों वेदोंमें जिन एक ही देवताका स्तुति-गान होता है, जो ब्रह्मकी अद्वैत-शक्ति हैं, वे सरस्वतीदेवी हमारी रक्षा करें।'

'ह्रीं' आ नो दिवो बृहतः पर्वतादा
सरस्वती यजता. गन्तु यज्ञम्।
हवं देवो जुजुषाणा घृताची
शग्मां नो वाचमुशती शृणोतु ॥ २ ॥

ह्रीं—हम लोगोंके द्वारा यष्टव्य सरस्वती देवी प्रकाशमय द्युलोकसे उतरकर महान् पर्वताकार मेघोंके बीचमें होती हुई हमारे यज्ञमें आगमन करें। हमारी स्तुतिसे प्रसन्न होकर वे देवी स्वेच्छापूर्वक हमारे सम्पूर्ण सुखकर स्तोत्रोंको सुनें ॥२॥

'पावका नः' इस मन्त्रके मधुच्छन्दा ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, सरस्वती देवता हैं; 'श्रीं' यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। इष्टार्थसिद्धिके लिये इस मन्त्रका विनियोग है। मन्त्रके द्वारा ही अङ्गन्यास करे।

'जो वस्तुतः वर्ण, पद, वाक्य—तथा इनके अर्थोंके रूपमें सर्वत्र व्याप्त हैं; जिनका आदि और अन्त नहीं है, जो अनन्त स्वरूपवाली हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'श्रीं' पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती। यज्ञं वष्टु धिया वसुः ॥ ३ ॥

श्रीं—जो सबको पवित्र करनेवाली, अन्नसे सम्पन्न तथा कर्मोंद्वारा प्राप्त होनेवाली धनकी उपलब्धिमें कारण हैं, वे सरस्वतीदेवी हमारे यज्ञमें पधारनेकी कामना करें (अर्थात् यज्ञमें पधारकर उसे पूर्ण करनेमें सहायक बनें ॥ ३ ॥

'चोदयित्री०' इस मन्त्रके मधुच्छन्दा ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, सरस्वती देवता हैं। 'ब्लूं'—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है; अभीष्ट अर्थकी सिद्धिके लिये विनियोग है। मन्त्रके द्वारा ही न्यास करे।

'जो अध्यात्म और अधिदैवरूपा हैं तथा जो देवताओंकी सम्यक् ईश्वरी अर्थात् प्रेरणात्मिका शक्ति हैं, जो हमारे भीतर मध्यमा वाणीके रूपमें स्थित हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'ब्लूं' चोदयित्री सूनृतानां चेतन्ती सुमतीनां यज्ञं दधे सरस्वती ॥ ४ ॥

ब्लूं—जो प्रिय एवं सत्य वचन बोलनेके लिये प्रेरणा देनेवाली तथा उत्तम बुद्धिवाले क्रियापरायण पुरुषोंको उनका कर्तव्य सुझाती हुई सचेत करनेवाली हैं, उन सरस्वतीदेवीने इस यज्ञको धारण किया है ॥ ४ ॥

'महो अर्णः'—इस मन्त्रके मधुच्छन्दा ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, सरस्वती देवता हैं, 'सौः'—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। मन्त्रके द्वारा न्यास करे।

'जो अन्तर्यामीरूपसे समस्त त्रिलोकीका नियन्त्रण करती हैं, जो रुद्र-आदित्य आदि देवताओंके रूपमें स्थित हैं, वे सरस्वतीदेवी हमारी रक्षा करें।'

'सौः' महो अर्णः सरस्वती प्रचेतयति केतुना। धियो विश्वा विराजति ॥ ५ ॥

सौः—(इस मन्त्रमें नदीरूपा सरस्वतीका स्तवन किया गया है) नदीरूपमें प्रकट हुई सरस्वतीदेवी अपने प्रवाहरूप कर्मके द्वारा अपनी अगाध जलराशिका परिचय देती हैं। और ये ही अपने देवतारूपसे सब प्रकारकी कर्तव्यविषयक बुद्धिको उद्दीप्त (जाग्रत्) करती हैं ॥ ५ ॥

'चत्वारि वाक्०'—इस मन्त्रके उचथ्यपुत्र दीर्घतमा ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं, ऐं—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। (इष्टसिद्धिके लिये विनियोग है।) मन्त्रके द्वारा न्यास करे।

'जो अन्तर्दृष्टिवाले प्राणियोंके लिये नाना प्रकारके रूपोंमें व्यक्त होकर अनुभूत हो रही हैं। जो सर्वत्र एकमात्र शक्ति—बोधरूपसे व्याप्त हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'ऐं' चत्वारि वाक् परिमिता पदानि
तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति
तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ॥ ६ ॥

ऐं—वाणीके चार पद हैं अर्थात् समस्त वाणी चार भागोंमें विभक्त हैं—परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी। इन सबको मनीषी—विद्वान् ब्राह्मण जानते हैं। इनमेंसे तीन—परा, पश्यन्ती और मध्यमा तो हृदयगुहामें स्थित हैं; अतः वे बाहर प्रकट नहीं होतीं। परंतु जो चौथी वाणी वैखरी है, उसे ही मनुष्य बोलते हैं। (इस प्रकार यहाँ वाणीरूपमें सरस्वतीदेवीकी स्तुति है) ॥ ६ ॥

'यद्वाग्वदन्ति०' इस मन्त्रके भार्गव ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं। क्लीं—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। मन्त्रके द्वारा न्यास करे।

'जो नाम-जाति आदि भेदोंसे अष्टधा विकल्पित हो रही हैं तथा साथ ही निर्विकल्पस्वरूपमें भी व्यक्त हो रही हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'क्लीं' यद् वाग्वदन्त्यविचेतनानि
राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।
चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि
क्व स्विदस्याः परमं जगाम ॥ ७ ॥

क्लीं—राष्ट्री अर्थात् दिव्यभावको प्रकाशित करनेवाली तथा देवताओंको आनन्दमग्न कर देनेवाली देवी वाणी जिस समय अज्ञानियोंको ज्ञान देती हुई यज्ञमें आसीन (विराजमान) होती हैं, उस समय वे चारों दिशाओंके लिये अन्न और जलका दोहन करती हैं। इन मध्यमा वाक्में जो श्रेष्ठ है, वह कहाँ जाता है ? ॥ ७ ॥

'देवीं वाचं' इस मन्त्रके भार्गव ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं; 'सौः'—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। मन्त्रके द्वारा न्यास करे।

'व्यक्त और अव्यक्त वाणीवाले देवादि समस्त प्राणी जिनका उच्चारण करते हैं, जो सब अभीष्ट वस्तुओंको दुग्धके रूपमें प्रदान करनेवाली कामधेनु हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'सौः' देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां
विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना
धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु ॥ ८ ॥

सौः—प्राणरूप देवोंने जिस प्रकाशमान वैखरी वाणीको उत्पन्न किया, उसको अनेक प्रकारके प्राणी बोलते हैं। वे कामधेनुतुल्य आनन्ददायक तथा अन्न और बल देनेवाली वाग्रूपिणी भगवती उत्तम स्तुतियोंसे सन्तुष्ट होकर हमारे समीप आयें ॥ ८ ॥

'उत त्वः०' इस मन्त्रके बृहस्पति ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं; 'सं'—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। (विनियोग पूर्ववत् है) मन्त्रके द्वारा न्यास करे।

'जिनको ब्रह्मविद्यारूपसे जानकर योगी सारे बन्धनोंको नष्ट कर डालते और पूर्ण मार्गके द्वारा परम पदको प्राप्त होते हैं, वे सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'सं' उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाच-
मुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्।
उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे
जायेव पत्य उशती सुवासाः ॥ ९ ॥

सं—कोई-कोई वाणीको देखते हुए भी नहीं देखता (समझकर भी नहीं समझ पाता), कोई इन्हें सुनकर भी नहीं सुन पाता; किंतु किसी-किसीके लिये तो ये वाग्देवी अपने स्वरूपको उसी प्रकार प्रकट कर देती हैं, जैसे पतिकी कामना करनेवाली सुन्दर वस्त्रोंसे सुशोभित भार्या अपनेको पतिके समक्ष अनावृतरूपमें उपस्थित करती है ॥ ९ ॥

अम्बितमे—इस मन्त्रके गृत्समद ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं; ऐं—यह बीज, शक्ति और कीलक तीनों है। मन्त्रके द्वारा न्यास करे।

'ब्रह्मज्ञानीलोग इस नाम-रूपात्मक अखिल प्रपञ्चको जिनमें आविष्टकर पुनः उनका ध्यान करते हैं, वे एकमात्र ब्रह्मस्वरूपा सरस्वतीदेवी मेरी रक्षा करें।'

'ऐं' अम्बितमे नदीतमे देवितमे सरस्वति।
अप्रशस्ता इव स्मसि प्रशस्तिमम्ब नस्कृधि ॥ १० ॥

ऐं—(परम कल्याणमयी)—माताओंमें सर्वश्रेष्ठ, नदियोंमें सर्वश्रेष्ठ तथा देवियोंमें सर्वश्रेष्ठ हे सरस्वती देवी ! धनाभावके कारण हम अप्रशस्त (निन्दित)-से हो रहे हैं, मा ! हमें प्रशस्ति (धन-समृद्धि) प्रदान करो ॥ १० ॥

जो ब्रह्माजीके मुखरूपी कमलोंके वनमें विचरनेवाली राजहंसी हैं, वे सब ओरसे श्वेत कान्तिवाली सरस्वतीदेवी हमारे मनरूपी मानसमें नित्य विहार करें। हे काश्मीरपुरमें निवास करनेवाली शारदादेवी ! तुम्हें नमस्कार है। मैं नित्य तुम्हारी प्रार्थना करता हूँ। मुझे विद्या (ज्ञान) प्रदान करो। अपने चार हाथोंमें अक्षसूत्र, अङ्कुश, पाश और पुस्तक धारण करनेवाली तथा मुक्ताहारसे सुशोभित सरस्वती देवी मेरी वाणीमें सदा निवास करें। शङ्खके समान सुन्दर कण्ठ एवं सुन्दर लाल ओठोंवाली, सब प्रकारके भूषणोंसे विभूषिता महासरस्वती देवी मेरी जिह्वाके अग्रभागमें सुखपूर्वक विराजमान हों। जो ब्रह्माजीकी प्रियतमा सरस्वतीदेवी श्रद्धा, धारणा और मेधा-स्वरूपा हैं, वे भक्तोंके जिह्वाग्रमें निवासकर शम-दमादि गुणोंको प्रदान करती हैं। जिनके केश-पाश चन्द्रकलासे अलङ्कृत हैं तथा जो भव-संतापको शमन करनेवाली सुधा-नदी हैं, उन सरस्वतीरूपा भवानीको मैं नमस्कार करता हूँ। जिसको कवित्व, निर्भयता, भोग और मुक्तिकी इच्छा हो, वह इन दस मन्त्रोंके द्वारा सरस्वतीदेवीकी भक्तिपूर्वक अर्चना करके स्तुति करे। भक्ति और श्रद्धापूर्वक सरस्वतीदेवीकी विधिपूर्वक अर्चना करके नित्य स्तवन करनेवाले भक्तको छः महीनेके भीतर ही उनकी कृपाकी प्रतीति हो जाती है। तदनन्तर उसके मुखसे अनुपम अप्रमेय गद्य-पद्यात्मक शब्दोंके रूपमें ललित अक्षरोंवाली वाणी स्वयमेव निकलने लगती है। प्रायः सरस्वतीका भक्त कवि बिना दूसरोंसे सुने हुए ही ग्रन्थोंके अभिप्रायको समझ लेता है। ब्राह्मणो ! इस प्रकारका निश्चय सरस्वती देवीने अपने श्रीमुखसे ही प्रकट किया था। ब्रह्माके

द्वारा ही मैंने सनातनी आत्मविद्याको प्राप्त किया और सत्-चित्-आनन्दरूपसे मुझे नित्य ब्रह्मत्व प्राप्त है ॥ १-११ ॥

तदनन्तर सत्त्व, रज और तम—इन तीनों गुणोंके साम्यसे प्रकृतिकी सृष्टि हुई। दर्पणमें प्रतिबिम्बके समान प्रकृतिमें पड़ी चेतनकी छाया ही सत्यवत् प्रतीत होती है। उस चेतनकी छायासे प्रकृति तीन प्रकारकी प्रतीत होती है; प्रकृतिके द्वारा अवच्छिन्न होनेके कारण ही तुम्हें जीवत्व प्राप्त हुआ है। शुद्ध सत्त्वप्रधाना प्रकृति माया कहलाती है। उस शुद्ध सत्त्वप्रधाना मायामें प्रतिबिम्बित चेतन ही अज (ब्रह्मा) कहा गया है। वह माया सर्वज्ञ ईश्वरकी अपने अधीन रहनेवाली उपाधि है। मायाको वशमें रखना, एक (अद्वितीय) होना और सर्वज्ञत्व—ये उन ईश्वरके लक्षण हैं। सात्त्विक, समष्टिरूप तथा सब लोकोंके साक्षी होनेके कारण वे ईश्वर जगत्की सृष्टि करने, न करने तथा अन्यथा करनेमें समर्थ हैं। इस प्रकार सर्वज्ञत्व आदि गुणोंसे युक्त वह चेतन ईश्वर कहलाता है। मायाकी दो शक्तियाँ हैं—विक्षेप और आवरण। विक्षेप-शक्ति लिङ्ग-शरीरसे लेकर ब्रह्माण्डतकके जगत्की सृष्टि करती है। दूसरी आवरण-शक्ति है, जो भीतर द्रष्टा और दृश्यके भेदको तथा बाहर ब्रह्म और सृष्टिके भेदको आवृत करती है। वही संसार-बन्धनका कारण है, साक्षीको वह अपने सामने लिङ्ग-शरीरसे युक्त प्रतीत होती है। कारणरूपा प्रकृतिमें चेतनकी छायाका समावेश होनेसे व्यावहारिक जगत्में कार्य करनेवाला जीव प्रकट होता है। उसका यह जीवत्व आरोपवश साक्षीमें भी आभासित होता है। आवरण-शक्तिके नष्ट होनेपर भेदकी स्पष्ट प्रतीति होने लगती है (इससे चेतनका जडमें आत्मभाव नहीं रहता, अतः) जीवत्व चला जाता है। तथा जो शक्ति सृष्टि और ब्रह्मके भेदको आवृत करके स्थित होती है, उसके वशीभूत हुआ ब्रह्म विकारको प्राप्त हुआ-सा भासित होता है; वहाँ भी आवरणके नष्ट होनेपर ब्रह्म और सृष्टिका भेद स्पष्टरूपसे प्रतीत होने लगता है। उन दोनोंमेंसे सृष्टिमें ही विकारकी स्थिति होती है, ब्रह्ममें नहीं। अस्ति (है), भाति (प्रतीत होता है), प्रिय (आनन्दमय), रूप और नाम—ये पाँच अंश हैं। इनमें अस्ति, भाति और प्रिय—ये तीनों ब्रह्मके स्वरूप हैं तथा नाम और रूप—ये दोनों जगत्के स्वरूप हैं। इन दोनों—नाम-रूपोंके सम्बन्धसे ही सच्चिदानन्द परब्रह्म जगत्-रूप बनता है ॥ १२—२४ ॥

साधकको हृदयमें अथवा बाहर सर्वदा समाधि-साधन करना चाहिये। हृदयमें दो प्रकारकी समाधि होती है—सविकल्प और निर्विकल्परूप। सविकल्प समाधि भी दो प्रकारकी होती है—एक दृश्यानुविद्ध और दूसरी शब्दानुविद्ध। चित्तमें उत्पन्न होनेवाले कामादि विकार दृश्य हैं तथा चेतन आत्मा उनका साक्षी है—इस प्रकार ध्यान करना चाहिये। यह दृश्यानुविद्ध सविकल्प समाधि है। मैं असङ्ग, सच्चिदानन्द, स्वयम्प्रकाश, अद्वैतस्वरूप हूँ—इस प्रकारकी सविकल्प समाधि शब्दानुविद्ध कहलाती है। आत्मानुभूति-रसके आवेशवश दृश्य और शब्दादिकी उपेक्षा करनेवाले साधकके हृदयमें निर्विकल्प समाधि होती है। उस समय योगीकी स्थिति वायुशून्य प्रदेशमें रक्खे हुए दीपककी भाँति अविचल होती है। यह हृदयमें होनेवाली निर्विकल्प और सविकल्प समाधि है। इसी तरह बाह्य-देशमें भी जिस-किसी वस्तुको लक्ष्य करके चित्त एकाग्र हो जाता है, उसमें समाधि लग जाती है। पहली समाधि द्रष्टा और दृश्यके विवेकसे होती है; दूसरी प्रकारकी समाधि वह है, जिसमें प्रत्येक वस्तुसे उसके नाम और रूपको पृथक् करके उसके अधिष्ठानभूत चेतनका चिन्तन होता है। और तीसरी समाधि पूर्ववत् है, जिसमें सर्वत्र व्यापक चैतन्य-रसानुभूतिजनित आवेशसे स्तब्धता छा जाती है। इन छः प्रकारकी समाधियोंके साधनमें ही निरन्तर अपना समय व्यतीत करे। देहाभिमानके नष्ट हो जाने और परमात्म-ज्ञान होनेपर जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहीं-वहीं परम अमृतत्वका अनुभव होता है। हृदयकी गाँठें खुल जाती हैं, सारे संशय नष्ट हो जाते हैं, उस निष्कल और सकल ब्रह्मका साक्षात्कार होनेपर विद्वान् पुरुषके समस्त कर्म क्षीण हो जाते हैं। 'मुझमें जीवत्व और ईश्वरत्व कल्पित हैं, वास्तविक नहीं' इस प्रकार जो जानता है, वह मुक्त है—इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है ॥ २५—३३ ॥

॥ ऋग्वेदीय सरस्वतीरहस्योपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

देव्युपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

देवीकी ब्रह्मस्वरूपता; देवताओंद्वारा देवीकी स्तुति; देवी-महिमा और इसके पाठका फल

सभी देवता, देवीके समीप जाकर, प्रार्थना करने लगे—'महादेवि ! तुम कौन हो ?' ॥ १ ॥

उन्होंने कहा—'मैं ब्रह्मस्वरूपा हूँ। मुझसे प्रकृति-पुरुषात्मक कारणरूप और कार्यरूप जगत् उत्पन्न हुआ है। मैं आनन्द और अनानन्दरूपा हूँ। मैं विज्ञान और अविज्ञानरूपा हूँ। अवश्य जाननेयोग्य ब्रह्म और अब्रह्म भी मैं ही हूँ। पञ्चीकृत और अपञ्चीकृत महाभूत भी मैं ही हूँ। यह सारा दृश्य जगत् मैं ही हूँ। वेद और अवेद मैं हूँ। विद्या और अविद्या भी मैं, अजा और अनजा (प्रकृति और उससे भिन्न) भी मैं हूँ; नीचे-ऊपर, अगल-बगल भी मैं ही हूँ। मैं रुद्रों और वसुओं-के रूपमें सञ्चार करती हूँ। मैं आदित्यों और विश्वेदेवोंके रूपोंमें फिरा करती हूँ। मैं मित्र और वरुण दोनोंका, इन्द्र एवं अग्निका और दोनों अश्विनीकुमारोंका भरण-पोषण करती हूँ। मैं सोम, त्वष्टा, पूषा और भगको धारण करती हूँ। त्रैलोक्यको आक्रान्त करनेके लिये विस्तीर्ण पादक्षेप करनेवाले विष्णु, ब्रह्मदेव और प्रजापतिको मैं ही धारण करती हूँ। देवोंको हवि पहुँचानेवाले और सावधानीसे सोमरस निकालनेवाले यजमानके लिये हविर्द्रव्योंसे युक्त धनको धारण करती हूँ। मैं सम्पूर्ण जगत्की ईश्वरी, उपासकोंको धन देनेवाली, ज्ञानवती और यज्ञार्होंमें (यजन करने योग्य देवोंमें) मुख्य हूँ। मैं ही इस जगत्के पितारूप आकाशको सर्वाधिष्ठान-स्वरूप परमात्माके ऊपर उत्पन्न करती हूँ। मेरा स्थान आत्मस्वरूपको धारण करनेवाली बुद्धिवृत्तिमें है। जो इस प्रकार जानता है, वह दैवी-सम्पत्ति लाभ करता है' ॥२—७॥

तब उन देवोंने कहा—'देवीको नमस्कार है। बड़े-बड़ोंको अपने-अपने कर्तव्यमें प्रवृत्त करनेवाली कल्याणकर्त्री महादेवीको सदा नमस्कार है। गुण-साम्यावस्थारूपिणी मङ्गलमयी देवीको नमस्कार है। नियमयुक्त होकर हम उन्हें प्रणाम करते हैं। उन अग्निके-से वर्णवाली, ज्ञानसे जगमगानेवाली, दीप्तिमती, कर्मफलप्राप्तिके हेतु सेवन की जानेवाली दुर्गा-देवीकी हम शरणमें हैं। असुरोंका नाश करनेवाली देवि ! तुम्हें नमस्कार है। प्राणरूप देवोंने जिस प्रकाशमान वैखरी वाणीको उत्पन्न किया, उसको अनेक प्रकारके प्राणी बोलते हैं। वे कामधेनु-तुल्य आनन्ददायक और अन्न तथा बल देनेवाली वाग्रूपिणी भगवती उत्तम स्तुतिसे संतुष्ट होकर हमारे समीप आयें। कालका भी नाश करनेवाली, वेदोंद्वारा स्तुत विष्णुशक्ति, स्कन्दमाता (शिवशक्ति), सरस्वती (ब्रह्मशक्ति), देवमाता अदिति और दक्ष-कन्या (सती), पापनाशिनी एवं कल्याण-कारिणी भगवतीको हम प्रणाम करते हैं। हम महालक्ष्मीको जानते हैं और उन सर्वशक्तिरूपिणीका ही ध्यान करते हैं। वे देवी हमें उस विषयमें (ज्ञान-ध्यानमें) प्रवृत्त करें। हे दक्ष ! आपकी जो कन्या अदिति हैं, वे प्रसूता हुईं और

उनके स्तुत्यर्ह और मृत्युरहित देवता उत्पन्न हुए। काम (क), योनि (ए), कमला (ई), वज्रपाणि—इन्द्र (ल), गुहा (ह्रीं)। ह, स—वर्ण, मातरिश्वा—वायु (क), अभ्र (ह), इन्द्र (ल), पुनः गुहा (ह्रीं)। स, क, ल—वर्ण, और माया (ह्रीं), यह सर्वात्मिका जगन्माताकी मूल विद्या है और यह ब्रह्मरूपिणी है। (शिवशक्त्यभेदरूपा, ब्रह्म-विष्णु-शिवात्मिका, सरस्वती-लक्ष्मी-गौरीरूपा, अशुद्ध-मिश्र-शुद्धोपासनात्मिका, समरसीभूत शिवशक्त्यात्मक ब्रह्मस्वरूपका निर्विकल्प ज्ञान देनेवाली, सर्वतत्त्वात्मिका महात्रिपुरसुन्दरी—यही इस मन्त्रका भावार्थ है। यह मन्त्र सब मन्त्रोंका मुकुटमणि है और मन्त्रशास्त्रमें पञ्चदशी कादि श्रीविद्याके नामसे प्रसिद्ध है। इसके छः प्रकारके अर्थ अर्थात् भावार्थ, वाच्यार्थ, सम्प्रदायार्थ, कौलिकार्थ, रहस्यार्थ और तत्त्वार्थ 'नित्या-षोडशिकार्णव' ग्रन्थमें बताये गये हैं। इसी प्रकार 'वरिवस्यारहस्य' आदि ग्रन्थोंमें इसके और भी अनेक अर्थ दरसाये हैं। श्रुतिमें भी ये मन्त्र इस प्रकारसे अर्थात् क्वचित् स्वरूपोच्चार, क्वचित् लक्षणा और लक्षित लक्षणासे और कहीं वर्णके पृथक्-पृथक् अवयव दरसाकर जान-बूझकर विशृङ्खलरूपसे कहे गये हैं। इससे यह मालूम होगा कि ये मन्त्र कितने गोपनीय और महत्त्वपूर्ण हैं।) ये परमात्माकी शक्ति हैं। ये विश्वमोहिनी हैं। पाश, अङ्कुश, धनुष और बाण धारण करनेवाली हैं। ये 'श्रीमहाविद्या' हैं। जो इस प्रकार जानता है, वह शोकको पार कर जाता है। भगवती! तुम्हें नमस्कार है। माता! सब प्रकारसे हमारी रक्षा करो॥ ८—१६॥

(मन्त्रद्रष्टा ऋषि कहते हैं—) वही ये अष्ट वसु हैं; वही ये एकादश रुद्र हैं; वही ये द्वादश आदित्य हैं; वही ये सोमपान करनेवाले और न करनेवाले विश्वेदेव हैं; वही ये यातुधान (एक प्रकारके राक्षस), असुर, राक्षस, पिशाच, यक्ष और सिद्ध हैं; वही ये सत्त्व-रज-तम हैं; वही ये ब्रह्म-विष्णु-रुद्ररूपिणी हैं; वही ये प्रजापति-इन्द्र-मनु हैं; वही ये ग्रह, नक्षत्र और तारे हैं; वही कला-काष्ठादि कालरूपिणी हैं; पापका नाश करनेवाली, भोग-मोक्ष देनेवाली, अन्तरहित, विजयाधिष्ठात्री, निर्दोष, शरण लेने योग्य, कल्याणदात्री और मङ्गलरूपिणी उन देवीको हम सदा प्रणाम करते हैं। वियत्—आकाश (ह) तथा 'ई' कारसे युक्त, वीतिहोत्र—अग्नि (र) सहित, अर्धचन्द्र (ँ) से अलंकृत जो देवीका बीज (ह्रीं) है, वह सब मनोरथोंको पूर्ण करनेवाला है। इस एकाक्षर ब्रह्मका ऐसे यति ध्यान करते हैं, जिनका चित्त शुद्ध है, जो निरतिशयानन्दपूर्ण हैं और जो ज्ञानके सागर हैं। (यह मन्त्र देवीप्रणव माना जाता है। ॐकारके समान ही यह प्रणव भी व्यापक अर्थसे भरा है। संक्षेपमें इसका अर्थ इच्छा-ज्ञान-क्रियाधार, अद्वैत, अखण्ड, सच्चिदानन्द समरसीभूत शिव-शक्ति-स्फुरण है।) वाणी (ऐं), माया (ह्रीं), ब्रह्मसू—काम (क्लीं), इसके आगे वक्त्र अर्थात् आकारसे युक्त छठा व्यञ्जन (चा), 'अवाम श्रोत्र'—दक्षिण कर्ण (उ) और बिन्दु अर्थात् अनुस्वारसे युक्त सूर्य (मुं), नारायण अर्थात् 'आ'से युक्त टकारसे तीसरा वर्ण (डा), अधर अर्थात् 'ऐ'से युक्त वायु (यै) और 'विच्चे'—यह नवार्णमन्त्र उपासकोंको आनन्द और ब्रह्मसायुज्य देनेवाला है। (इस मन्त्रका अर्थ—हे चित्स्वरूपिणी महासरस्वती! हे सद्रूपिणी महालक्ष्मी! हे आनन्दरूपिणी महाकाली! ब्रह्मविद्या पानेके लिये हम सब समय तुम्हारा ध्यान करते हैं। हे महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वतीस्वरूपिणी चण्डिके! तुम्हें नमस्कार है। अविद्यारूप रज्जुकी दृढ़ ग्रन्थिको खोलकर मुझे मुक्त करो।) जो हृदयरूप कमलके मध्यमें रहती हैं, प्रातःकालीन सूर्यके समान जिनकी प्रभा है, जो पाश और अङ्कुश धारण किये रहती हैं, जिनका मनोहर रूप है, जिनके हाथ वरद और अभय मुद्राओंसे युक्त हैं, जिनके तीन नेत्र हैं, जो लाल वस्त्र पहने रहती हैं और भक्तोंके मनोरथ पूर्ण करती हैं, उन देवीको मैं भजता हूँ। महाभयका नाश करनेवाली, महासङ्कटको शान्त करनेवाली और महान् करुणाकी साक्षात् मूर्ति तुम महादेवीको मैं नमस्कार करता हूँ। जिनका स्वरूप ब्रह्मादिक भी नहीं जानते—इसलिये जिन्हें अज्ञेया कहते हैं, जिनका अन्त नहीं मिलता—इसलिये जिन्हें अनन्ता कहते हैं, जिनका स्वरूप देख नहीं पड़ता—इसलिये जिन्हें अलक्ष्या कहते हैं, जिनका जन्म समझमें नहीं आता—इसलिये जिन्हें अजा कहते हैं, जो अकेली ही सर्वत्र हैं—इसलिये जिन्हें एका कहते हैं, जो अकेली ही विश्वरूपमें सजी हुई हैं—इसलिये जिन्हें नैका कहते हैं, वे इसीलिये अज्ञेया, अनन्ता, अजा, एका और नैका कहाती हैं। सब मन्त्रोंमें 'मातृका'—मूलाक्षररूपसे रहनेवाली, शब्दोंमें अर्थरूपसे रहनेवाली ज्ञानोंमें 'चिन्मयातीता', शून्योंमें 'शून्यसाक्षिणी' तथा जिनसे और कुछ भी श्रेष्ठ नहीं है, वे दुर्गा नामसे प्रसिद्ध हैं। उन दुर्विज्ञेया, दुराचारनाशिनी और संसार-सागरसे तारनेवाली दुर्गादेवीको संसारसे डरा हुआ मैं नमस्कार करता हूँ॥ १७—२५॥

इस अथर्वशीर्षका जो अध्ययन करता है, उसे पाँचों अथर्वशीर्षोंके जपका फल प्राप्त होता है। इस अथर्वशीर्षको न जानकर जो प्रतिमास्थापन करता है, वह सैकड़ों लाख जप करके भी अर्चासिद्धि नहीं प्राप्त करता। अष्टोत्तरशत (१०८ बार) जप (इत्यादि) इसकी पुरश्चरणविधि है। जो इसका दस बार पाठ करता है, वह उसी क्षण पापोंसे मुक्त हो जाता है और महादेवीके प्रसादसे बड़े दुस्तर संकटोंको पार कर जाता है। इसका सायंकालमें अध्ययन करनेवाला दिनमें किये हुए पापोंका नाश करता है, प्रातःकालमें अध्ययन करनेवाला रात्रिमें किये हुए पापोंका नाश करता है, दोनों समय अध्ययन करनेवाला पहलेका पापी भी निष्पाप होता है। मध्यरात्रिमें तुरीय* सन्ध्याके समय जप करनेसे वाक्सिद्धि प्राप्त होती है। नयी प्रतिमापर जप करनेसे देवताका सान्निध्य प्राप्त होता है। भौमाश्विनी (अमृतसिद्धि) योगमें महादेवीकी सन्निधिमें जप करनेसे महामृत्युसे तर जाता है। जो इस प्रकार जानता है, वह महामृत्युसे तर जाता है। इस प्रकार यह अविद्यानाशिनी ब्रह्मविद्या है॥ २६॥

॥ अथर्ववेदीय देव्युपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

सब ब्रह्म है

सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत। अथ खलु क्रतुमयः पुरुषो यथाक्रतुरस्मिँल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवति स क्रतुं कुर्वीत।

(छान्दोग्य ३। १४। १)

यह सब ब्रह्म ही है। ब्रह्मसे ही जगत् उत्पन्न होता है, ब्रह्ममें ही विलीन होता है और ब्रह्ममें ही चेष्टा करता है। शान्त (संयत) होकर ब्रह्मकी उपासना करनी चाहिये। पुरुष कर्ममय है। इस लोकमें जैसा कुछ कर्म करता है, मरनेके बाद परलोकमें वह वैसा ही होता है। इसलिये सत्कर्मका अनुष्ठान करना चाहिये।

* श्रीविद्याके उपासकोंके लिये चार सन्ध्याएँ आवश्यक हैं। इनमें तुरीय-सन्ध्या मध्यरात्रिमें होती है।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

ऋग्वेदीय
बह्वृचोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

देवीसे सबकी उत्पत्ति और देवीकी ब्रह्मरूपता

हरिः ॐ । एकमात्र देवी ही सृष्टिसे पूर्व थीं, उन्हींने ब्रह्माण्डकी सृष्टि की । वे कामकलाके नामसे विख्यात हैं, वे ही शृङ्गारकला कहलाती हैं । उन्हींसे ब्रह्मा उत्पन्न हुए, विष्णु प्रकट हुए, रुद्र प्रादुर्भूत हुए । उन्हींसे समस्त मरुद्गण उत्पन्न हुए । उन्हींसे गानेवाले गन्धर्व, नाचनेवाली अप्सराएँ और वाद्य बजानेवाले किन्नर सब ओर उत्पन्न हुए । उन्हींसे भोग-सामग्री उत्पन्न हुई, सब कुछ उत्पन्न हुआ, सब कुछ शक्तिसे ही उत्पन्न हुआ । अण्डज, स्वेदज, उद्भिज्ज तथा जरायुज—जितने स्थावर-जङ्गम प्राणी हैं, उनकी तथा मनुष्यकी सृष्टि भी उन्हींसे हुई । वे ही अपरा शक्ति हैं, वे ही ये शाम्भवी विद्या, कादि विद्या, हादि विद्या या सादि विद्या कहलाती हैं; वे ही रहस्यरूपा हैं । वे ही प्रणववाच्य अक्षर तत्त्व हैं, ॐ अर्थात् सच्चिदानन्द-स्वरूपा वे वाणीमात्रमें प्रतिष्ठित हैं । वे ही जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—इन तीनों पुरों तथा स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीनों प्रकारके शरीरोंको व्याप्तकर बाहर और भीतर प्रकाश फैला रही हैं । देश, काल और वस्तुके भीतर असङ्ग होकर रहती हुई वे महात्रिपुरसुन्दरी प्रत्यक्चेतना हैं । वे ही आत्मा हैं; उनके अतिरिक्त सब असत्य है, अनात्मा है । ये ब्रह्मविद्या हैं, भावाभाव-कलासे विनिर्मुक्त चिन्मयी विद्या-शक्ति हैं तथा अद्वितीय ब्रह्मका बोध करानेवाली हैं । वे सत्, चित् और आनन्दरूप लहरोंवाली श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी बाहर और भीतर प्रविष्ट होकर स्वयं अकेली ही विराजमान हो रही हैं । उनके अस्ति, भाति और प्रिय—इन तीन रूपोंमें जो अस्ति है, वह सन्मात्रका बोधक है । जो भाति है, वह चिन्मात्र है और जो प्रिय है, वह आनन्द है । इस प्रकार सब आकारों-में श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी ही विराजमान हैं; तुम और मैं, सारा विश्व और सारे देवता तथा अन्य सब कुछ श्रीमहात्रिपुर-सुन्दरी ही हैं । ललिता नामकी वस्तु ही एकमात्र सत्य है; वही अद्वितीय, अखण्ड परब्रह्म-तत्त्व है । पाँचों रूप अर्थात् अस्ति, भाति, प्रिय, नाम और रूपके परित्यागसे तथा अपने स्वरूपके अपरित्यागसे अधिष्ठानरूप जो एक सत्ता बच रहती है, वही महान् परम तत्त्व है ॥ १ ॥

उसीको 'प्रज्ञान ही ब्रह्म है' अथवा 'मैं ब्रह्म हूँ' इत्यादि वाक्योंसे प्रकट किया जाता है । 'वह तू है' इत्यादि वाक्योंसे उसीका कथन किया जाता है । 'यह आत्मा ब्रह्म है', 'ब्रह्म ही मैं हूँ', 'जो मैं हूँ', 'वह मैं हूँ', 'जो वह है, सो मैं हूँ'—इत्यादि श्रुतिवाक्योंके द्वारा जिनका निरूपण होता है, वे यही षोडशी श्रीविद्या हैं । वही पञ्चदशाक्षर मन्त्रवाली श्रीमहात्रिपुर-सुन्दरी, बाला, अम्बिका, बगला, मातङ्गी, स्वयंवर-कल्याणी, भुवनेश्वरी, चामुण्डा, चण्डा, वाराही, तिरस्करिणी, राजमातङ्गी, शुकश्यामला, लघुश्यामला, अश्वारूढा, प्रत्यङ्गिरा, धूमावती, सावित्री, सरस्वती, ब्रह्मानन्दकला इत्यादि नामोंसे अभिहित होती हैं । ऋचाएँ एक अविनाशी परम आकाशमें प्रतिष्ठित हैं, जिसमें सारे देवता भलीभाँति निवास करते हैं; उसको जाननेका प्रयत्न जिसने नहीं किया, वह ऋचाओंके अध्ययनसे क्या कर सकता है । निश्चय ही उसको जो जान लेते हैं, वे ही उसमें सदाके लिये स्थित हो जाते हैं ।

॥ ऋग्वेदीय बह्वृचोपनिषद् समाप्त ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

ऋग्वेदीय
सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

श्रीमहालक्ष्मीका श्रीसूक्तके अनुसार ध्यान, न्यास, पूजन और यन्त्रकी विधि

हरिः ॐ । एक समय देवताओंने भगवान् आदिनारायणसे कहा—'भगवन् ! हमारे लिये सौभाग्यलक्ष्मी-विद्याका उपदेश कीजिये ।' भगवान्ने कहा—'बहुत अच्छा, आप सब देवगण एकाग्रचित्त होकर सुनें । जो स्थूल, सूक्ष्म एवं कारणरूप तीनों अवस्थाओंसे परे तुरीयस्वरूपा हैं—नहीं-नहीं, तुरीयसे भी अतीत अर्थात् निर्गुणस्वरूपा हैं, सबसे बढ़कर उत्कट अर्थात् भयङ्कर रूपवाली हैं, तथा जो सभी मन्त्रोंको आसन बनाकर उनपर विराजमान हैं, पीठों और उपपीठोंमें प्रतिष्ठित देवताओंसे आवृत हैं, चार भुजाओंसे युक्त हैं—उन श्री अर्थात् लक्ष्मीदेवीका **'हिरण्यवर्णाम्०'** इत्यादि श्रीसूक्तकी पञ्चदश ऋचाओंके द्वारा ध्यान करें ।

उक्त पञ्चदश ऋचाओंवाले श्रीसूक्तके इन्दिरा, आनन्द, कर्दम और चिक्लीत ऋषि हैं । श्री अर्थात् इन्दिरा प्रथम मन्त्रकी ऋषि हैं तथा आनन्द, कर्दम और चिक्लीत शेष चतुर्दश मन्त्रोंके द्रष्टा हैं । ये तीनों इन्दिरा (लक्ष्मी) के पुत्र हैं । **'हिरण्यवर्णाम्०'** आदि प्रथम तीन ऋचाओंका अनुष्टुप् छन्द है, **'कां सोस्मि०'** इस ऋचाका बृहती छन्द है, उसके आगेकी दो ऋचाओंका त्रिष्टुप् छन्द है, उनसे अगले आठ मन्त्रोंका अनुष्टुप् छन्द है । शेष मन्त्रोंका छन्द है प्रस्तारपङ्क्ति । श्री और अग्नि इन ऋचाओंके देवता हैं, **'हिरण्यवर्णाम्'** यह बीज है, **'कां सोस्मि'** यह शक्ति है । हिरण्मयी, चन्द्रा, रजतस्रजा, हिरण्यस्रजा, हिरण्या, हिरण्यवर्णा—इन नामोंको चतुर्थी विभक्तिमें रखकर आदिमें प्रणव और अन्तमें नमः बोलकर अङ्गन्यास करे । जैसे—

ॐ हिरण्मय्यै नमः हृदयाय नमः । ॐ चन्द्रायै नमः शिरसे स्वाहा । ॐ रजतस्रजायै नमः शिखायै वषट् । ॐ हिरण्यस्रजायै नमः कवचाय हुम् । ॐ हिरण्यायै नमः नेत्रत्रयाय वौषट् । ॐ हिरण्यवर्णायै नमः अस्त्राय फट् ।

—पश्चात् श्रीसूक्तके मन्त्रोंसे अङ्गन्यास करे । सिर, नेत्र, कर्ण, नासिका, मुख, कण्ठ, दोनों भुजाएँ, हृदय, नाभि, लिङ्ग, गुदा, ऊरु (जाँघ), जानु, जङ्घा (पिंडली)—इन स्थानोंमें श्रीसूक्तके मन्त्रोंसे क्रमशः न्यास करे । इसके बाद निम्नलिखित मन्त्रके अनुसार ध्यान करे—

अरुणकमलसंस्था तद्रजःपुञ्जवर्णा
करकमलधृतेष्टाभीतियुग्माम्बुजा च ।
मणिकटकविचित्रालङ्कृताऽऽकल्पजालैः
सकलभुवनमाता संततं श्रीः श्रियै नः ॥

अर्थात् हल्के लाल (गुलाबी) रंगके कमलदलपर बैठी हुई, कमल-परागकी राशिके समान पीत वर्णवाली, चारों हाथोंमें क्रमशः वर-मुद्रा, अभय-मुद्रा और दो कमल-पुष्प धारण किये हुए, मणिमय कड़ोंसे विचित्र शोभा धारण करनेवाली और अलङ्कारसमूहोंसे अलङ्कृत, समस्त लोकोंकी जननी श्रीमहालक्ष्मीदेवी निरन्तर हमें श्रीसम्पन्न करें ॥ १ ॥

(तत्पश्चात् यन्त्र लिखकर उसकी पूजा करे । यन्त्रके कर्णिकावृत्तके ऊपर अष्टदल, उसपर द्वादशदल तथा द्वादशदलके ऊपर षोडशदल बनाकर तीनोंको एक-एक वृत्तसे घेर दे ।) पीठकर्णिका अर्थात् बीजकोषके भीतर साध्य-कार्यसहित श्रीबीज (श्रीं) को लिखे । उसके बाद अष्टदल, द्वादशदल और

षोडशदल पद्मोंके ऊपर और भूवृत्तोंके बीचमें श्रीसूक्तकी आधी-आधी ऋचा लिखे। (अर्थात् अष्टदलके ऊपर और पहले भूवृत्तके अंदर **'अश्वपूर्वां रथमध्यां'** इत्यादि ऋचाको, द्वादशदलके ऊपर तथा द्वितीय भूवृत्तके भीतर **'कां सोस्मितां हिरण्यप्राकाराम्'** इत्यादि तथा षोडशारके ऊपर तथा तृतीय भूवृत्तके भीतर **'गन्धद्वारां दुराधर्षां'** इत्यादि ऋचा लिखे।) उसके बाहर निर्भूवृत्तमें **'यः शुचिः प्रयतो भूत्वा'** इत्यादि फलश्रुतिरूप ऋचाको लिखकर षोडशारके मध्य और ऊपर अकारसे सकारतक मातृका-वर्णोंको लिखे। (क्रम यह है कि प्रत्येक सकार-पर्यन्त दलमें दो-दो व्यञ्जन-वर्ण तथा प्रत्येक दलके ऊपर भूवृत्तके नीचे क्रमशः अकारादि सोलह स्वर-वर्णोंको लिखे। इसी प्रकार द्वादशदलके दो-दो दलोंके पार्श्वमें क्रमशः **'ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लौं जगत्प्रसूत्यै नमः'** ये अक्षर लिखे तथा द्वादशदलके दलोंमें **'ह्रीं श्रीं क्लीं'** इन बीजोंको दो-दो करके लिखे। फिर भूवृत्तके नीचे अष्टदल कमलके दो-दो दलोंके पार्श्वमें क्रमशः 'ह' और 'क्ष' लिखे। अष्टदलके दलोंमें आ, ई, ऊ और ऋ अनुस्वारसहित लिखकर षट्कोणके कोणोंमें **'श्रीं ह्रीं क्लीं'** बीजोंको क्रमशः दो-दो बार लिखे और प्रणवद्वारा षट्कोणको घेर दे।) सबके ऊपर निर्भूवृत्तमें वषड्युक्त त्वरिता-बीजके साथ श्रीबीजको लिखे। इस प्रकार दस अङ्गोंवाला श्रीचक्र अर्थात् प्रणव, षट्कोण, भूवृत्त एवं अष्टदल, भूवृत्त, द्वादशदल, भूवृत्त, षोडशदल, भूवृत्त एवं निर्भूवृत्त बनाये।

'श्रां हृदयाय नमः' इत्यादि अङ्गमन्त्रोंसे प्रथम आवरण-पूजा होती है। पद्म आदि निधियोंसे द्वितीय आवरण-पूजा होती है। लोकपालों अर्थात् इन्द्र आदि देवताओंसे तृतीय आवरण-पूजा होती है। उनके वज्रादि आयुधोंसे चतुर्थ आवरण-पूजा होती है। श्रीसूक्तके अन्तर्गत ऋचाओंद्वारा आवाहनादि अर्थात् आवाहन, संनिधापन, सम्बोधन, सम्मुखीकरण आदि कार्य होते हैं। (फैली हुई अञ्जलिमें दोनों अनामिकाओंके मूलमें अङ्गुष्ठके सिरोंको रखनेसे आवाहनी मुद्रा होती है। दोनों अङ्गुष्ठोंको ऊपर उठा दोनों मुष्टियोंको संयुक्त करनेसे संनिधापनी मुद्रा होती है। इन दोनों अङ्गुष्ठोंको मुष्टियोंमें प्रवेश करानेसे सम्बोधनी मुद्रा होती है। दोनों मुष्टियोंको उत्तान करके मिलाये रखनेसे सम्मुखीकरणी मुद्रा होती है और आवाहनी मुद्राको अधोमुख करनेसे स्थापनी मुद्रा होती है।) इसके पश्चात् (देवीकी षोडशोपचार पूजा करके) पुरश्चरणके लिये षोडश सहस्र मन्त्र-जप करे। (यहाँतक श्रीमहालक्ष्मी-पूजाका क्रम बताया गया।)

(इसके बाद सौभाग्यलक्ष्मी-पूजाका क्रम लिखा जाता है—) एकाक्षर सौभाग्यलक्ष्मी-मन्त्र **'श्रीः'** के भृगु ऋषि हैं, **'नीचृद्गायत्री'** छन्द है और श्री देवता हैं। **'श्रीं'** बीज है। **'श्रां'** इत्यादिके द्वारा अङ्गन्यास करे। जैसे—

श्रां हृदयाय नमः। श्रीं शिरसे स्वाहा। श्रूं शिखायै वषट्। श्रैं कवचाय हुम्। श्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्। श्रः अस्त्राय फट्।

इसके पश्चात् नीचे लिखे अनुसार ध्यान करे—

भूयाद्भूयो द्विपद्माभयवरदकरा तप्तकार्तस्वराभा
शुभ्राभ्राभेभयुग्मद्वयकरधृतकुम्भाद्विरासिच्यमाना।
रक्तौघाबद्धमौलिर्विमलतरदुकूलार्तवालेपनाढ्या
पद्माक्षी पद्मनाभोरसि कृतवसतिः पद्मगा श्रीः श्रियै नः॥

'जिन्होंने अपने दोनों हाथोंमें दो पद्म तथा शेष दोमें वर और अभय मुद्राएँ धारण कर रक्खी हैं, तप्त काञ्चनके समान जिनके शरीरकी कान्ति है, शुभ्र मेघकी-सी आभासे युक्त दो हाथियोंकी सूँड़ोंमें धारण किये हुए कलशोंके जलसे जिनका अभिषेक हो रहा है, रक्तवर्णके माणिक्यादि रत्नोंका मुकुट जिनके सिरपर सुशोभित है, जिनके वस्त्र अत्यन्त स्वच्छ हैं, ऋतुके अनुकूल चन्दनादि आलेपनके द्वारा जिनके अङ्ग लिप्त हैं, पद्मके समान जिनके नेत्र हैं, पद्मनाभ अर्थात् क्षीरशायी विष्णुभगवान्‌के उरःस्थलमें जिनका निवास है, वे कमलके आसनपर विराजमान श्रीदेवी हमारे लिये परम ऐश्वर्यका विधान करें।'

(इस प्रकार ध्यान करके एक पीठयन्त्र अङ्कित करे।) वह पीठयन्त्र तीन वृत्तोंसे युक्त अष्टदल पद्म, द्वादश राशिखण्ड तथा चतुष्कोण—इस आकारका रमापीठ होता है। अष्टदल-की कर्णिका अर्थात् बीजकोषमें साध्यसहित श्रीबीज (**श्रीं**) लिखना चाहिये—जैसे **'श्रीं श्रीर्मा देवी जुषताम्।'** (इसके पश्चात् प्रातःकृत्य, पीठन्यास एवं ऋष्यादिन्यास करके) आदिमें प्रणव और अन्तमें 'नमः' जोड़कर प्रत्येक नामके साथ चतुर्थी विभक्तिका प्रयोग करते हुए (जैसे—**'ॐ विभूत्यै नमः'** इत्यादि) विभूति, उन्नति, कान्ति, सृष्टि, कीर्ति, संनति, व्युष्टि, सत्कृष्टि एवं ऋद्धि—इन नौ शक्तियोंकी पूजा करे। (इसके बाद **'श्रीकमलासनाय नमः'** कहकर आसनका न्यास करे, और) अङ्गन्यासके द्वारा प्रथम आवरणकी पूजा करे। (**'श्रां हृदयाय नमः'** इत्यादिके द्वारा अग्नि आदि कोणमें स्थित केशरोंमें तथा दिशाओंमें पूजा करके पूर्वादि दिशाओंमें) क्रमशः वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्धको पूजे (तथा

अग्नि आदि कोणोंमें क्रमशः मदक—नव शाक-विशेष, सलिल, गुग्गुल एवं कुरुण्टक—पुष्पविशेषकी पूजा करे। देवीके दक्षिणमें शङ्खनामक निधि और वसुधाकी तथा वाममें पद्म-नामक निधि और वसुमतीकी पूजा करे।) इस प्रकार द्वितीय आवरणकी पूजा होती है। फिर बालकी आदि अर्थात् बालकी, विमला, कमला, वनमालिका, विभीषिका, मालिका, शाङ्करी और वसुमालिकाकी पूजा करे। इस प्रकार तृतीय आवरणकी पूजा होती है। इसके पश्चात् इन्द्र आदि देवताओं तथा उनके वज्र आदि आयुधोंकी पूजासे चतुर्थ आवरणकी पूजा होती है। पुरश्चरणके लिये बारह लाख मन्त्र-जप करना चाहिये। (इस प्रकार एकाक्षरी सौभाग्यलक्ष्मीकी पूजा-विधि समाप्त हुई।)

(अब 'श्रीं ह्रीं श्रीं' रूप त्र्यक्षरी विद्याकी पूजा-विधि बतायी जाती है। इसका पूजा-क्रम एकाक्षरीके पूजा-क्रमके समान ही है। केवल तृतीय आवरणकी पूजामें कुछ विशेषता है।) यहाँ आदिमें प्रणव और अन्तमें नमः लगाकर प्रत्येक नामका चतुर्थी विभक्तिसहित प्रयोग करते हुए (जैसे, 'ॐ श्रियै नमः इत्यादि) श्री, लक्ष्मी, वरदा, विष्णुपत्नी, वसुप्रदा, हिरण्यरूपा, स्वर्णमालिनी, रजतस्रजा, स्वर्णप्रभा, स्वर्णप्राकारा, पद्मवासिनी, पद्महस्ता, पद्मप्रिया, मुक्तालङ्कारा, चन्द्रसूर्या, विल्वप्रिया, ईश्वरी, भुक्ति, मुक्ति, विभूति, ऋद्धि, समृद्धि, कृष्टि, पुष्टि, धनदा, धनेश्वरी, श्रद्धा, भोगिनी, भोगदा, सावित्री, धात्री, विधात्री प्रभृति नाम-मन्त्रोंके द्वारा शक्तिकी पूजा करे। एकाक्षर मन्त्रके समान ही अङ्गादिके द्वारा पीठ-पूजा करे। पुरश्चरणके लिये एक लाख मन्त्र-जप करे। जपका दशांश तर्पण, तर्पणका दशांश हवन और हवनका दशांश ब्राह्मणभोजन कराये (तथा ब्राह्मण-भोजनका दशांश अभिषेक अर्थात् मार्जन करे)। निष्काम उपासना करनेवालोंको ही श्रीविद्याकी सिद्धि होती है। सकाम उपासना करनेवालोंको कदापि सिद्धि नहीं होती। इस प्रकार सौभाग्यलक्ष्मी-उपनिषद्का श्रीक्रम नामक प्रथम खण्ड समाप्त हुआ॥ १॥

॥ प्रथम खण्ड समाप्त ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

योगसम्बन्धी उपदेश

इसके बाद आदिनारायणसे देवताओंने कहा—भगवन्! तुरीया मायाके द्वारा निर्दिष्ट तत्त्वके विषयमें हमसे कहिये। 'बहुत अच्छा' कहकर भगवान् आदिनारायणने उपदेश आरम्भ किया—

'योगसे योगको जानना चाहिये, योगसे योग बढ़ता है। जो योगी योगमें सदा सावधान रहता है, वह योगी चिरकालतक—अनन्तकालतक आनन्दोपभोग करता है। मितभोगी अर्थात् शरीरनिर्वाहके लिये आवश्यक अन्न-वस्त्रादिका उपभोग करनेवाला साधक राग-द्वेष-मोहरूपी कषाय—मलके परिपक्व हो जानेपर, निद्रा—आलस्य त्यागकर, प्रपञ्चके ब्रह्मत्वकी प्राप्तिमें बाधक होनेके कारण एकान्त स्थानमें (संसारके कोलाहलसे रहित प्रदेशमें) जाकर साधन करता है—आत्माको परमात्मामें लगानेका अभ्यास करता है। वह या तो शीतोष्ण आदि द्वन्द्वोंसे रहित होनेके लिये राजयोगमें प्रवृत्त होता है अथवा गुरूपदिष्ट मार्गपर चलता हुआ प्राणायामके द्वारा हठयोगका अवलम्बन करता है। तात्पर्य यह कि राजयोग और हठयोगके भेदसे योग द्विविध है। प्राणायामका अभ्यास करनेवाले पहले मुखसे वायुको खींचकर भीतर भरते हैं और नाभि-प्रदेशसे अपानवायुको जठराग्निके कोष्ठमें खींचकर मुखके द्वारा खींची हुई वायुके साथ उसका संयोग कराते हैं; पश्चात् अँगूठे, अँगुलियों तथा दोनों हथेलियोंके द्वारा दोनों कान, नेत्र तथा नासा-पुटोंको बंद करके प्राणायामके अभ्यास-द्वारा तथा प्रणवका नाना प्रकारसे ध्यान करके उसीमें तल्लीन हुए योगीजन चैतन्यस्वरूप आत्माका साक्षात्कार करते हैं॥ १—३॥

'अभ्यासकी एक और विधि है—जो कान, मुख, नेत्र और नासाछिद्रोंको बंद करके ही की जाती है। वह है शुद्ध सुषुम्णा नाडीमें प्रणवके विशुद्ध अनाहत नामक नादको स्पष्ट सुनना। अनाहतचक्रमें ध्वनिको सुननेपर नाना प्रकारके विचित्र घोष सुने जाते हैं, और इस साधनाके द्वारा साधक तेजस्वी हो जाता है, उसके शरीरमें दिव्य गन्ध आने लगती है और स्वस्थ होकर वह दिव्यदेह प्राप्त करता है। शून्य-में अर्थात् सुषुम्णा नाडीमें पूरे मनोयोगके साथ ध्वनि-सुनते रहनेसे आरम्भमें ही—जहाँसे वह सुषुम्णा नाडी आरम्भ होती है, उस मूलाधारचक्रमें ही साधक योगवान् हो जाता है अर्थात् दीपशिखाके आकारके जीवात्माको हृदय-पुण्डरीकसे मूलाधारचक्रमें लाकर सुषुम्णा नाडीसे संयुक्त कर देता है। इस प्रकार इच्छाशक्तिकी प्रेरणासे जब जीवात्मा सुषुम्णा-मार्गपर चलने लगता है, तब द्वितीय अर्थात् स्वाधिष्ठान-

चक्रको विघटित करके—भेदकर उसीके मध्यस्थित छिद्रमेंसे होकर प्राणवायु मध्यगा होती है अर्थात् सुषुम्णामें प्रवेश कर जाती है ॥ ४–६ ॥

पद्मासनादिपर स्थित हुए योगीका आसन दृढ़ होता है। उसके बाद विष्णुग्रन्थि अर्थात् मायाको, जो तृतीय मणिपूरक नामक चक्रमें रहकर अनेक कामनाओंका विस्तार करती रहती है, विच्छिन्न कर देनेपर परमानन्दकी प्राप्ति सम्भव हो जाती है। शून्य अर्थात् मायाको लाँघकर उठता हुआ प्राणवायु जब नाड़ीके साथ संघर्षणको प्राप्त होता है, तब उससे भेरीके समान ध्वनि सुन पड़ती है और तृतीय मणिपूरक चक्रको भेदकर चलनेपर प्राणवायुसे मर्दल-ध्वनि अर्थात् मृदङ्ग-जैसी ध्वनि होती है। इसके आगे अन्य चक्रोंको भेदता हुआ वह महाशून्य अर्थात् आकाश-चक्रमें जाता है, जहाँ सब प्रकारकी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। उसके बाद प्राणवायु तालुचक्रसे चित्तको जयकर तालुचक्रको भेदता है, जहाँ चित्तगत सम्पूर्ण आनन्दकी प्राप्ति होती है ॥ ७–९ ॥

इस साधनाकी समाप्तिमें वैष्णवशब्द—प्रणव शब्दायमान होता है, शब्दके रूपमें स्वयं प्रकट होता है। उस प्रणव-ध्वनिमें चित्त विलीन हो जाता है, इस प्रकार सनकादि मुनियोंने कहा है। उस महाशून्य चक्रमें स्थित होकर साधक अन्त अर्थात् जीवमें अनन्त—परमात्माका समारोप करता है, मायाग्रस्त स्वरूप—अंशरूप आत्मामें निरंश परमात्माको समर्पितकर तथा आत्माकी सर्वव्यापक प्रकृतिका ध्यान करके कृतकृत्य हो जाता है, अमृतस्वरूप हो जाता है। संप्रज्ञात योगको असंप्रज्ञात योगसे जीते और भाव अर्थात् सविचार समाधिका निरोध अभाव—निर्विचार समाधिसे करे; उसके बाद निर्विकल्प समाधिको प्राप्त करके साधक परमतत्त्व—कैवल्यमें स्थित होता है। निर्विकल्प समाधिमें स्थित साधकका अहंभाव छूट जाता है और आत्म-तत्त्वमें अध्यस्त मायात्मक जगत्का भी लोप हो जाता है। ऐसा विद्वान् पुनः 'यह मैं हूँ और यह मेरा है' इत्यादि चिन्तामें नहीं पड़ता ॥ १०–१३ ॥

'जिस प्रकार पानीमें नमक मिलानेसे वह उसमें घुल-मिल जाता है, उसी प्रकार मनका आत्मामें विलीन हो जाना समाधि कहलाता है। जब प्राणायामके अभ्याससे प्राणवायु सम्यक्रूपसे क्षीण होकर कुम्भकमें स्थिर हो जाता है, और मानसिक वृत्तियाँ अत्यन्त विलीन हो जाती हैं, उस समय तैलधारावत् चित्तका आत्माके साथ एकीभाव समाधि कहलाता है। जीवात्मा और परमात्माका समत्व होनेपर जब सारे सङ्कल्प नष्ट हो जाते हैं, उस स्थितिको समाधि कहते हैं। प्रभा अर्थात् जागतिक बोधसे शून्य जिस स्थितिमें मन और बुद्धि पूर्णतः विलीन हो जाते हैं, जिसमें कुछ आभासित नहीं होता—सब शून्याकार प्रतीत होता है, वह निरामय—भवरोगकी निवृत्तिकी अवस्था समाधि कहलाती है। शरीरके इधर-उधर चलनेपर भी देही अर्थात् जीवात्मा जब निश्चल, नित्य स्वयम्प्रकाश स्वरूपमें स्थित रहता है, उसे समाधि कहना चाहिये। उस समय साधकका मन जहाँ-जहाँ जाता है, वहाँ-वहाँ परम-पदकी प्राप्ति होती है। उसके लिये सर्वत्र परब्रह्म समवस्थित होता है। सर्वत्र परमब्रह्म समवस्थित होता है' ॥ १४–१९ ॥

॥ द्वितीय खण्ड समाप्त ॥ २ ॥

तृतीय खण्ड

नवचक्र-विवेक

पश्चात् भगवान् आदिनारायणसे देवताओंने निवेदन किया—'भगवन्! आप कृपया हमारे लिये नवचक्रविवेकके विषयमें उपदेश कीजिये।' 'बहुत अच्छा' कहकर भगवान्ने उपदेश आरम्भ किया—

'मूलाधारमें ब्रह्मचक्र है, वह योनिके आकारमें तीन घेरोंसे युक्त है; वहाँ कर्णिकाके मूलमें कुण्डलिनी-शक्ति सोये हुए सर्पके आकारमें स्थित है। तप्त अग्निके रूपमें उसका तबतक ध्यान करना चाहिये, जबतक वह जाग्रत् न हो जाय। वहीं भगवती त्रिपुराका स्थान कामरूप नामक पीठ है, जिसकी उपासना करनेसे सारे भोगोंकी प्राप्ति होती है। इतना आधारनामक प्रथम चक्रके विषयमें हुआ ॥ १ ॥

'दूसरा छः दलोंका स्वाधिष्ठान-चक्र है। उस षट्दल पद्मके कर्णिकापीठमें पश्चिमाभिमुख एक शिवलिङ्गका, जो मूँगेके अङ्कुरके समान लाल वर्णका है, ध्यान करे। वहाँ उड्यानपीठ है, उसकी उपासना करनेसे जगत्को आकर्षित करनेकी सिद्धि प्राप्त होती है। तीसरा नाभिचक्र सर्पके समान कुटिल आकारका और पाँच घेरोंसे आवृत है। उस चक्रमें कोटि-कोटि बालसूर्योंकी-सी प्रभासे युक्त तथा तडित्के समान क्षीण

अङ्गोंवाली कुण्डलिनी-शक्तिका ध्यान करे। यह शक्ति जाग्रत् होनेपर सामर्थ्यवती होती है और सब प्रकारकी सिद्धियों-को प्रदान करती है। मणिपूरक-चक्र हृदयचक्र है। वह अष्टदल पद्मके आकारका नीचेकी ओर मुख किये रहता है। उस चक्रमें ज्योतिर्मय लिङ्गका ध्यान करना चाहिये। वही ज्योतिर्मय लिङ्ग हंसकलाके नामसे विख्यात है, जो सर्वप्रिय है; उसके जाग्रत् होनेपर समस्त लोकोंको वशमें करनेकी शक्ति प्राप्त होती है। कण्ठमें जो चक्र है, वह चार अङ्गुल प्रमाणका है; उसमें बायीं ओर इडा अर्थात् चन्द्रनाड़ी और दाहिनी ओर पिङ्गला अर्थात् सूर्यनाड़ी है। इन दोनोंके बीचमें श्वेतवर्णकी सुषुम्णा नाड़ीका ध्यान करे। जो इसको जानता है, उसका अनाहत-चक्र सिद्धि प्रदान करता है। इसके आगे तालुचक्र है, जहाँ निरन्तर अमृतकी धार प्रवाहित होती रहती है। तालुचक्रमें दस अथवा बारह दल होते हैं। घाँटीके चिह्नकी जड़में तथा आगेके दाँतोंकी जड़तक फैला हुआ जो चक्रके आकारका रन्ध्र—छिद्र है, उसीमें तालु-चक्र स्थित है। उस चक्रमें शून्यका ध्यान करे। इससे चित्त शून्यमें विलीन हो जाता है। सातवाँ भ्रूचक्र अँगूठेके परिमाणका है, उस द्विदल पद्ममें निवातदीपशिखाके आकारमें ज्ञान-नेत्रका ध्यान करे। इस चक्रके जाग्रत् होनेपर कपालकन्द अर्थात् अदृष्टके कारणभूत कर्मोंकी वाक्-सिद्धि अर्थात् उनके विषयका सारा ज्ञान हो जाता है। आठवाँ आज्ञाचक्र है, उसे ब्रह्मरन्ध्र अथवा निर्वाणचक्र भी कहते हैं। वह रन्ध्र सूईकी नोकके परिमाणका है। वहाँ गतिशील धूम्रशिखाके आकारका ध्यान करे। वहाँ जालन्धर पीठ है। उसकी उपासना करनेसे मुक्तिलाभ होता है। अतएव इसे परब्रह्म-चक्र भी कहते हैं। नवाँ आकाशचक्र है। वहाँ षोडशदल पद्म ऊपरकी ओर मुख किये स्थित है। उसके बीचकी कर्णिका त्रिगुणोंकी जननी होनेके कारण तीन शिखरोंवाले पर्वतके आकारकी कही गयी है। उसके बीचमें ऊपरकी ओर झुकी हुई शक्ति है। उसको देखते हुए ध्यान करे। वहाँ ही पूर्णगिरि पीठ है, जिसकी उपासना करनेसे सब प्रकारकी कामनाओंकी सिद्धि होती है॥ २–९॥

'इस सौभाग्यलक्ष्मी-उपनिषद्को जो नित्य पढ़ता है, वह अग्निपूत होता है, वह वायुपूत होता है। वह सब प्रकारके धन-धान्य, स्त्री-पुत्र, हाथी-घोड़े, गाय-भैंस, दास-दासीसे युक्त योगी और ज्ञानी होता है। अन्तमें वह परमपदको प्राप्त करता है—जहाँसे फिर नहीं लौटता, फिर नहीं लौटता॥ १०॥

॥ तृतीय खण्ड समाप्त ॥ ३ ॥

॥ ऋग्वेदीय सौभाग्यलक्ष्मी-उपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

'न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः।' (कठोपनिषद् १। १। २७)

'धनसे मनुष्य कभी तृप्त होनेवाला नहीं है।'

(सौभाग्यलक्ष्मी-उपनिषद्में वर्णित श्रीसूक्त)

अथ श्रीसूक्तप्रारम्भः

हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ॥ १ ॥

हे जातवेदा (सर्वज्ञ) अग्निदेव ! सुवर्णके-से रंगवाली, किञ्चित् हरितवर्णविशिष्टा, सोने और चाँदीके हार पहननेवाली, चन्द्रवत् प्रसन्नकान्ति, स्वर्णमयी लक्ष्मीदेवीको मेरे लिये आवाहन करो ॥ १ ॥

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम् ॥ २ ॥

अग्ने ! उन लक्ष्मीदेवीको, जिनका कभी विनाश नहीं होता तथा जिनके आगमनसे मैं सोना, गौ, घोड़े तथा पुत्रादिको प्राप्त करूँगा, मेरे लिये आवाहन करो ॥ २ ॥

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रमोदिनीम् ।
श्रियं देवीमुप ह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम् ॥ ३ ॥

जिन देवीके आगे घोड़े तथा उनके पीछे रथ रहते हैं तथा जो हस्तिनादको सुनकर प्रमुदित होती हैं, उन्हीं श्रीदेवीका मैं आवाहन करता हूँ; लक्ष्मीदेवी मुझे प्राप्त हों ॥ ३ ॥

कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां
ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।
पद्मेस्थितां पद्मवर्णां
तामिहोप ह्वये श्रियम् ॥ ४ ॥

जो साक्षात् ब्रह्मरूपा, मन्द-मन्द मुसकरानेवाली, सोनेके आवरणसे आवृत, दयार्द्र, तेजोमयी, पूर्णकामा, भक्तानुग्रहकारिणी, कमलके आसनपर विराजमान तथा पद्मवर्णा हैं, उन लक्ष्मीदेवीका मैं यहाँ आवाहन करता हूँ ॥ ४ ॥

चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं
श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम् ।
तां पद्मिनीमीं शरणं प्र पद्ये-
ऽलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे ॥ ५ ॥

मैं चन्द्रके समान शुभ्र कान्तिवाली, सुन्दर द्युतिशालिनी, यशसे दीप्तिमती, स्वर्गलोकमें देवगणोंके द्वारा पूजिता, उदारशीला, पद्महस्ता लक्ष्मीदेवीकी शरण ग्रहण करता हूँ । मेरा दारिद्र्य दूर हो जाय । मैं आपको शरण्यके रूपमें वरण करता हूँ ॥ ५ ॥

आदित्यवर्णे तपसोऽधि जातो
वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः ।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु
या अन्तरा याश्च बाह्या अलक्ष्मीः ॥ ६ ॥

हे सूर्यके समान प्रकाशस्वरूपे ! तुम्हारे ही तपसे वृक्षोंमें श्रेष्ठ मङ्गलमय बिल्ववृक्ष उत्पन्न हुआ । उसके फल हमारे बाहरी और भीतरी दारिद्र्यको दूर करें ॥ ६ ॥

उपैतु मां देवसखः
कीर्तिश्च मणिना सह ।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन्
कीर्तिमृद्धिं ददातु मे ॥ ७ ॥

देवि ! देवसखा कुबेर और उनके मित्र मणिभद्र तथा दक्ष प्रजापतिकी कन्या कीर्ति मुझे प्राप्त हों । अर्थात् मुझे धन और यशकी प्राप्ति हो । मैं इस राष्ट्रमें—देशमें उत्पन्न हुआ हूँ, मुझे कीर्ति और ऋद्धि प्रदान करें ॥ ७ ॥

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम् ।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात् ॥ ८ ॥

लक्ष्मीकी ज्येष्ठ बहिन अलक्ष्मी (दरिद्रताकी अधिष्ठात्री देवी) का, जो क्षुधा और पिपासासे मलिन—क्षीणकाय रहती हैं, मैं नाश चाहता हूँ । देवि ! मेरे घरसे सब प्रकारके दारिद्र्य और अमङ्गलको दूर करो ॥ ८ ॥

गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम् ।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम् ॥ ९ ॥

जो दुराधर्षा तथा नित्यपुष्टा हैं, तथा गोबरसे (पशुओंसे) युक्त गन्धगुणवती पृथिवी ही जिनका स्वरूप है, सब भूतोंकी स्वामिनी उन लक्ष्मीदेवीका मैं यहाँ—अपने घरमें आवाहन करता हूँ ॥ ९ ॥

मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि ।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः ॥ १० ॥

मनकी कामनाओं और संकल्पकी सिद्धि एवं वाणीकी सत्यता मुझे प्राप्त हों; गौ आदि पशुओं एवं विभिन्न अन्नों—भोग्य पदार्थोंके रूपमें तथा यशके रूपमें श्रीदेवी हमारे यहाँ आगमन करें ॥ १० ॥

कर्दमेन प्रजा भूता मयि सम्भव कर्दम ।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम् ॥११॥

लक्ष्मीके पुत्र कर्दमकी हम संतान हैं । कर्दम ऋषि ! आप हमारे यहाँ उत्पन्न हों तथा पद्मोंकी माला धारण करनेवाली माता लक्ष्मीदेवीको हमारे कुलमें स्थापित करें ॥ ११ ॥

आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे ।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले ॥१२॥

जल स्निग्ध पदार्थोंकी सृष्टि करे । लक्ष्मीपुत्र चिक्लीत ! आप भी मेरे घरमें वास करें और माता लक्ष्मीदेवीका मेरे कुलमें निवास करायें ॥ १२ ॥

आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ॥१३॥

अग्ने ! आर्द्रस्वभावा, कमलहस्ता, पुष्टिरूपा, पीतवर्णा, पद्मोंकी माला धारण करनेवाली, चन्द्रमाके समान शुभ्र कान्तिसे युक्त, स्वर्णमयी लक्ष्मीदेवीका मेरे यहाँ आवाहन करें ॥ १३ ॥

आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम् ।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह ॥१४॥

अग्ने ! जो दुष्टोंका निग्रह करनेवाली होनेपर भी कोमल-स्वभावकी हैं, जो मङ्गलदायिनी, अवलम्बन प्रदान करनेवाली यष्टिरूपा, सुन्दर वर्णवाली, सुवर्णमालाधारिणी, सूर्यस्वरूपा तथा हिरण्मयी हैं, उन लक्ष्मीदेवीका मेरे लिये आवाहन करें ॥१४॥

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो
दास्योऽश्वान् विन्देयं पुरुषानहम् ॥१५॥

अग्ने ! कभी नष्ट न होनेवाली उन लक्ष्मीदेवीका मेरे लिये आवाहन करें, जिनके आगमनसे बहुत-सा धन, गौएँ, दासियाँ, अश्व और पुत्रादिको हम प्राप्त करें ॥ १५ ॥

यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम् ।
सूक्तं पञ्चदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत् ॥१६॥

जिसे लक्ष्मीकी कामना हो, वह प्रतिदिन पवित्र और संयमशील होकर अग्निमें घीकी आहुतियाँ दे तथा इन पंद्रह ऋचाओंवाले श्रीसूक्तका निरन्तर पाठ करे ॥ १६ ॥

॥ श्रीसूक्त समाप्त ॥

सङ्गका त्याग ही मोक्ष है

भावाभावे पदार्थानां हर्षामर्षविकारदा ।
मलिना वासना यैषा सा सङ्ग इति कथ्यते ॥
दुःखैर्न ग्लानिमायासि हृदि हृष्यसि नो सुखैः ।
आशावैवश्यमुत्सृज्य निदाघासङ्गतां व्रज ॥
सङ्गत्यागं विदुर्मोक्षं सङ्गत्यागादजन्मता ।
सङ्गं त्यज त्वं भावानां जीवन्मुक्तो भवानघ ॥

(अन्नपूर्णोपनिषद्)

पदार्थोंके होनेमें हर्ष और न होनेमें शोकरूपी विकार उत्पन्न करनेवाली जो मलिना वासना है, उसे सङ्ग कहते हैं । निदाघ ! तुम दुःखोंमें ग्लानिका अनुभव मत करो और सुखोंसे हृदयमें हर्षित मत होओ । यों आशाओंकी परवशताको छोड़कर असंगावस्थाको प्राप्त करो । हे निष्पाप ! सङ्गके त्यागको ही मोक्ष कहते हैं, सङ्गके त्यागसे जन्म-(मरण) से छुटकारा मिलता है । अतएव समस्त पदार्थोंमें सङ्गका त्याग करके जीते ही मुक्त हो जाओ ।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

सीतोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

श्रीसीताजीके स्वरूपका तात्त्विक वर्णन

एक बार देवताओंने प्रजापति ब्रह्माजीसे पूछा कि 'श्रीसीताजी कौन हैं ? उनका क्या स्वरूप है ?' तब उन प्रजापतिने बतलाया कि "वे शक्तिरूपा ही श्रीसीताजी हैं। मूल प्रकृति-स्वरूपा होनेके कारण वे सीताजी ही प्रकृति कहलाती हैं। वे श्रीसीताजी प्रणवकी प्रकृतिस्वरूपा होनेसे भी प्रकृति कही जाती हैं। 'सीता' यह उनका नामात्मक रूप तीन वर्णोंका है और वे साक्षात् योगमायास्वरूपा हैं। सम्पूर्ण जगत्-प्रपञ्चके भगवान् विष्णु बीज हैं और उनकी योगमाया 'ईकार' रूपा हैं। 'सकार' सत्य, अमृत, प्राप्ति* नामक ऐश्वर्य अथवा सिद्धि एवं चन्द्रका वाचक कहा गया है। दीर्घरूप-मात्रायुक्त 'तकार' महालक्ष्मीका स्वरूप, प्रकाशमय एवं विस्तारकारी (जगत्स्रष्टा) कहा गया है। वे 'ईकार'रूपिणी अव्यक्तरूपा महामाया अपने चन्द्रसन्निभ अमृतमय अवयवों एवं दिव्य अलंकार, माला, मुक्तामालादि आभूषणोंसे अलंकृत स्वरूपमें व्यक्त होती हैं। उनके तीन स्वरूप हैं, जिनमें अपने प्रथम स्वरूपसे वे शब्दब्रह्ममयी हैं। वे बुद्धिस्वरूपा स्वाध्यायकालमें प्रसन्न होनेपर बोधको प्रकट करती हैं। अपने दूसरे स्वरूपमें वे पृथ्वीपर महाराज सीरध्वज जनककी यज्ञभूमिमें हलाग्रसे उत्पन्न हुईं। अपने तीसरे स्वरूपमें वे 'ईकार' रूपिणी अव्यक्तस्वरूपा रहती हैं। इन्हीं तीनों रूपोंको सीता कहा जाता है। शौनकीय तन्त्रमें निम्नलिखित भावके श्लोक मिलते हैं—

"श्रीसीताजी श्रीरामकी नित्य सन्निधिके कारण जगदानन्दकारिणी हैं। समस्त शरीरधारियोंकी उत्पत्ति, स्थिति और संहार करनेवाली हैं। श्रीसीताजीको मूलप्रकृति कही जानेवाली षडैश्वर्यसम्पन्ना भगवती जानना चाहिये। प्रणवस्वरूपा होनेके कारण ब्रह्मवादी उन्हें प्रकृति बतलाते हैं। ब्रह्मसूत्रके 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' इस सूत्रमें उन्हींका प्रतिपादन है। वे श्रीसीताजी सर्ववेदमयी, सर्वदेवमयी, सर्वलोकमयी, सर्वकीर्तिमयी, सर्वधर्ममयी, सबकी आधारभूता, कार्य एवं कारणरूपा, चेतन एवं जड दोनोंकी स्वरूपभूता, ब्रह्माजीसे लेकर जड पदार्थोंतककी आत्मभूता, इन सबके गुण एवं कर्मके भेदसे सबकी शरीररूपा; देवता, ऋषि, मनुष्य एवं गन्धर्वोंकी स्वरूपभूता; असुर, राक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच प्रभृति प्राणियोंकी शरीररूपा; पञ्चमहाभूत, दस इन्द्रियाँ, मन एवं प्राणरूपा अर्थात् समस्त विश्वरूपा महालक्ष्मी देवताओंके भी स्वामी भगवान्‌से भिन्न एवं अभिन्नस्वरूपा जानी जाती हैं।

"वे श्रीसीताजी शक्त्यासना—शक्तिस्वरूपा होकर इच्छाशक्ति, क्रियाशक्ति एवं साक्षात् शक्ति—इन तीन रूपोंमें प्रकट होती हैं। इच्छाशक्तिमय उनका स्वरूप भी त्रिविध होता है—श्रीदेवी, भूमिदेवी एवं नीलादेवीके रूपमें कल्याणरूपा, प्रभाव-

* अणिमादि अष्टविध ऐश्वर्यमें 'प्राप्ति' नामक सिद्धिका भी वर्णन आता है। प्राप्ति कहते हैं सर्वत्र गमनकी शक्तिको।

रूपा तथा चन्द्र, सूर्य एवं अग्निरूपा वे होती हैं। चन्द्रस्वरूपमें वे ओषधियोंका पोषण करती हैं। कल्पवृक्ष, पुष्प, फल, लता एवं गुल्मों (झाड़ियों), ओषधियों एवं दिव्य ओषधियोंकी स्वरूपभूता होती हैं तथा उसी चन्द्रके अमृतस्वरूपमें देवताओंके लिये 'महस्तोम' नामक यज्ञके फलको देनेवाली होती हैं। अमृतके द्वारा देवताओंको, अन्नके द्वारा पशुओं (प्राणियों) को तथा तृणके द्वारा उसपर अवलम्बित रहनेवाले जीवोंको—इस प्रकार सम्पूर्ण प्राणियोंको वे तृप्त करती हैं।

"वे सूर्यादि समस्त भुवनोंको—लोकोंको प्रकाशित करनेवाली हैं। दिन, रात्रि, निमेषसे लेकर घड़ी प्रभृति कालकी कलाएँ, आठ पहरोंसे युक्त दिन-रात्रिके भेदसे पक्ष, मास, ऋतु, अयन तथा संवत्सरके भेदसे मनुष्योंकी सौ वर्षकी आयुकी कल्पनाके द्वारा वे स्वयं ही प्रकाशित होती हैं। विलम्ब तथा शीघ्रतासे उपलक्षित निमेषसे लेकर परार्धपर्यन्त कालचक्र तथा जगच्चक्रादि प्रकारसे चक्रके समान घूमनेवाले कालके सभी विशेष-विशेष विभाग उन्हींके स्वरूप हैं, जो प्रकाशरूपा एवं कालरूपा हैं।

"वे अग्निरूपा होकर प्राणियोंके लिये अन्न एवं जलादि-पानके लिये क्षुधा एवं पिपासारूपसे, देवताओंके लिये मुख-रूपसे (देवता अग्निमें होमे हुए पदार्थ ही पाते हैं), वनौषधियोंके लिये शीतोष्णरूपसे, तथा काष्ठोंके बाहर एवं भीतर नित्य एवं अनित्य दोनों प्रकारसे (नित्यरूपमें व्यापक अग्नितत्त्व एवं अनित्यरूपमें प्रज्वलिताग्नि प्रभृति रूपोंमें) स्थित हैं।

"वे श्रीसीताजी अपने श्रीदेवीरूपमें तीन प्रकारका रूप धारण करके श्रीभगवान्‌के संकल्पानुसार सम्पूर्ण लोकोंकी रक्षाके लिये व्यक्त होती हैं। वे लोकरक्षणार्थ श्री तथा लक्ष्मी-रूपमें लक्षित होती हैं, यों जाना जाता है। भूदेवी सम्पूर्ण जलमय समुद्रोंसहित सातों द्वीपवाली पृथिवीके रूपमें भूः-भुवः आदि चौदहों भुवनोंकी आधार एवं आधेयभूता प्रणवस्वरूपा होकर व्यक्त होती हैं। विद्युन्मालाके समान मुखवाली नीलादेवी भी सम्पूर्ण ओषधियों एवं समस्त प्राणियोंके पोषणके लिये सर्वरूपा हो जाती हैं। समस्त भुवनोंके अधोभागमें जलाकारस्वरूप, मण्डूकमयी तथा भुवनोंकी आधाररूपा वही आदिशक्ति जानी जाती हैं।

"उन श्रीसीताजीका क्रियाशक्ति-रूप श्रीहरिके मुखसे नादके रूपमें व्यक्त हुआ। उस नादसे बिन्दु प्रकट हुआ। बिन्दुसे ॐकारका आविर्भाव हुआ। ॐकारसे परे राम-वैखानस नामका पर्वत है। उस पर्वतकी कर्म एवं ज्ञानात्मिका अनेक शाखाएँ व्यक्त हैं। उसी पर्वतपर वेदत्रयीस्वरूप सर्वार्थको प्रकट करनेवाला आदि-शास्त्र है। तात्पर्य यह कि श्रीराम-वैखानस पर्वत ही नित्य वेदस्वरूप है और लोकमें वह वेदोंके रूपमें व्यक्त होता है। उस आदि-शास्त्रको ऋक्, यजुः एवं सामात्मक होनेसे त्रयी कहा जाता है। कार्य-सिद्धिके लिये चार नामोंसे उसका वर्णन होता है। अर्थात् देवस्वरूप वर्णन-के मन्त्र, यज्ञ-विधि-निर्देशक मन्त्र तथा यज्ञमें गानके मन्त्र—ये ही तीन प्रकारके मन्त्र होनेसे वेदोंको त्रयी कहते हैं; किंतु यज्ञमें ब्रह्मा, होता, अध्वर्यु एवं उद्गाताके कार्यकी दृष्टिसे वेदोंको चार नामोंसे सम्बोधित किया जाता है—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्वाङ्गिरसवेद। यज्ञकर्ममें चातुर्होत्र प्रधान है और उसमें देवस्वरूपादि तीनका ही उपयोग होनेसे वेदोंको त्रयी कहते हैं। अथर्वाङ्गिरस वेद साम, ऋक् एवं यजुःस्वरूप ही है। आभिचारिक कर्मोंकी समानता-से इन चारोंका पृथक्-पृथक् निर्देश होता है।

"ऋग्वेदकी इक्कीस शाखाएँ कही गयी हैं। यजुर्वेदीयों-की एक सौ नौ शाखाएँ हैं। सामवेदकी एक सहस्र शाखाएँ हैं और अथर्ववेदकी पाँच शाखाएँ। इन वेदोंमें प्रथम (सर्वश्रेष्ठ) वैखानस मत है, जो प्रत्यक्ष दर्शन है। इसलिये मुनियोंद्वारा नित्य परम वैखानस (श्रीरामरूप) का स्मरण किया जाता है। कल्प, व्याकरण, शिक्षा, निरुक्त, ज्यौतिष तथा छन्द—ये छः वेदाङ्ग हैं। अयन, मीमांसा और न्यायशास्त्रका विस्तार—ये वेदोंके उपाङ्ग हैं। धर्मज्ञ पुरुषोंके सेवनके लिये चारों वेद तथा वेदोंसे अधिक ये अङ्ग-उपाङ्गादि हैं। सभी वैदिक शाखाओंमें उनके समयाचार (साम्प्रदायिक आचरण) की शास्त्रके साथ संगति लगानेके लिये निबन्ध हैं। धर्मशास्त्रों (स्मृतियों)को महर्षियोंने अपने अन्तःकरणके दिव्य ज्ञानसे पूर्ण किया है। मुनियोंने इतिहास-पुराण, वास्तुवेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद तथा आयुर्वेद—ये पाँच उपवेद बताये हैं। इन सबके साथ दण्ड, नीति और व्यापार-विद्या तथा परतत्त्वमें प्राणजय करके स्थिति—इस प्रकार इक्कीस भेदयुक्त यह स्वतःप्रकाश—स्वयं प्रकटित शास्त्र है।

"पूर्वकालमें वैखानस ऋषिके हृदयमें भगवान् विष्णुकी वाणी प्रकट हुई। उसी वाणीको वेदत्रयीके रूपमें इस प्रकार कल्पित करके देहधारी अपनी उन्नति करता है। वैखानस ऋषिने अपने हृदयमें प्रकट उस भगवद्वाणीको संख्यारूपमें संकल्प करके पहले जिस प्रकार प्रकट किया, उसी प्रकार वह

सब मैं बतलाता हूँ; सुनो। जो सनातन ब्रह्ममय रूपधारिणी क्रियाशक्ति कही गयी है, वह भगवान्‌की साक्षात् शक्ति है। भगवान्‌के स्मरणमात्र (संकल्पमात्र) से वे जगत्‌के रूपोंको प्रकट करती तथा दृश्य-जगत्‌में स्वयं व्यक्त होती हैं। वे शासन एवं कृपास्वरूपा, शान्ति तथा तेजोरूपा, व्यक्त (प्राणियों) की, अव्यक्त (देवादि) की कारणभूता एवं उनके चरणादि समस्त अवयव तथा मुख एवं वर्ण (रूपादि)-भेदस्वरूपा, भगवान्‌के साथ चलनेवाली (उनके संकल्पसे ही गति करनेवाली), भगवान्‌से कभी विलग न होनेवाली एवं अविनाशिनी, निरन्तर भगवान्‌के साथका ही आश्रय करनेवाली, कहे हुए और न कहे हुए सभी स्वरूपोंवाली, निमेष-उन्मेषसे लेकर सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान, अनुग्रह आदि समस्त सामर्थ्योंसे युक्त होनेके कारण साक्षात् शक्तिरूपमें वर्णित होती हैं।

"श्रीसीताजीका इच्छाशक्ति रूप भी तीन प्रकारका है। प्रलयके समय विश्रामके लिये भगवान्‌के दाहिने वक्षःस्थलपर श्रीवत्सकी आकृति धारण करके जो विश्राम करती हैं, वे योगशक्ति हैं। भोगशक्ति भोगरूपा हैं। वे कल्पवृक्ष, कामधेनु, चिन्तामणि तथा शङ्ख, पद्म (तथा मकर, कच्छप) आदि नौ निधियोंमें निवास करती हैं और भगवद्भक्तोंकी कामनाके अनुसार अथवा उनकी कामनाके बिना भी नित्य-नैमित्तिक कर्मके द्वारा, अग्निहोत्रादिसे अथवा यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधिसे—किसी भी निमित्तसे भगवान्‌की उपासना करनेवालोंके उपभोगके लिये बड़े-बड़े भोगोंसे, विशाल द्वार एवं प्राकारवाले भवनोंसे, विमानोंसे अथवा भगवद्विग्रहके अर्चन-पूजनादिकी सामग्रियोंसे अर्चनरूपमें, स्नानादि (तीर्थस्नानादि) रूपमें, पितृपूजा आदिके रूपमें, अन्न (भोज्य पदार्थ) एवं पीने योग्य रस आदिसे, यह भगवान्‌को प्रसन्न करनेके लिये है—यों कहकर वे सब उपभोग-सामग्रियोंका सम्पादन करती हैं।

"श्रीसीताजीकी वीरशक्ति चतुर्भुजा हैं। उनके हाथोंमें अभय एवं वरदानकी मुद्राएँ तथा दो कमल हैं। किरीट एवं आभूषणोंसे वे भूषिता हैं। सम्पूर्ण देवताओंसे घिरी हुई, कल्पवृक्षके मूलमें चार श्वेत हाथियोंद्वारा रत्नजटित कलशोंके अमृत-जलसे अभिषिक्त होती हुई वे आसीन हैं। ब्रह्मादि समस्त देवता उनकी वन्दना करते हैं। अणिमादि अष्ट ऐश्वर्यसे वे युक्त हैं और उनके सम्मुख खड़ी होकर कामधेनु उनकी स्तुति करती हैं। वेद और शास्त्र आदि भी मूर्तिमान् होकर उनकी स्तुति करते हैं। जया आदि अप्सराएँ एवं देवनारियाँ उनकी सेवा कर रही हैं। सूर्य एवं चन्द्र दीपक बनकर वहाँ प्रकाश कर रहे हैं। तुम्बुरु एवं देवर्षि नारद आदि उनका गुणगान कर रहे हैं। राका और सिनीवाली नामकी देवियाँ उनपर छत्र लगाये हैं। ह्लादिनी एवं माया उनके दोनों ओर चँवर डुला रही हैं। स्वाहा एवं स्वधा उनपर पंखे झलती हैं। भृगु और पुण्य आदि महात्मा उनकी पूजा कर रहे हैं। दिव्य सिंहासनपर अष्टदलपद्मके ऊपर आसीन वे महादेवी समस्त कारणों एवं कार्योंको निर्मित करनेवाली हैं। इस प्रकार भगवती लक्ष्मीके भगवान्‌से पृथक् निवासका ध्यान करना चाहिये। उन्होंने अपनेको अनुरूप दिव्य आभूषणोंसे अलंकृत किया है। वे स्थिर होकर प्रसन्न नेत्रोंसे समस्त देवताओंद्वारा पूजित वीरलक्ष्मी कही जाती हैं।"

॥ अथर्ववेदीय सीतोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

श्रीराधिकातापनीयोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

श्रुतियोंद्वारा श्रीराधिकाजीकी उपासना और स्तुति

किसी समय उपासनाओंके स्वरूप एवं लक्ष्यका विचार करते समय ब्रह्मवेत्ताओं (वेदज्ञों) ने परस्पर यह विचार करना प्रारम्भ किया कि श्रीराधिकाजीकी उपासना किस लिये होती है। इस विचारमें प्रवृत्त होनेपर उनपर भगवान् आदित्य (वेदोंके अधिष्ठाता प्रकाशमय ज्ञानके रूपमें) अत्यन्त कृपालु हुए। अर्थात् प्रकाशस्वरूप वैदिक ज्ञान उनमें प्रकट हुआ। (उन्होंने श्रीराधिकाजीकी उपासनाके सम्बन्धमें श्रुतियोंको इस प्रकार संलग्न पाया—) ॥ १ ॥

श्रुतियाँ कहती हैं—'सम्पूर्ण देवताओंमें जो देवत्व (शक्ति) है, वह श्रीराधिकाजीकी ही है। समस्त प्राणी श्रीराधिकाजीके द्वारा ही अवस्थित हैं। अर्थात् देवतासे लेकर क्षुद्र प्राणियोंतक सभी जीव श्रीराधिकाजीकी शक्तिसे स्थित एवं चेष्टायुक्त हैं और उन्हींसे अभिव्यक्त हुए हैं। इसलिये हम सब श्रुतियाँ उन श्रीराधिकाजीको नमस्कार करती हैं ॥२॥

'देवताओंके निवास पञ्चभूत, इन्द्रियों आदिमें श्रीराधिकाजीकी प्रेरणासे ही कम्पन (चेष्टा) होती है। तथा उन्हींकी प्रेरणासे वे हँसते (उल्लास प्राप्त करते) और नाचते (क्रियाशील होते) हैं। सबकी अधिदेवता श्रीराधिकाजी ही हैं (सब उनके वशमें हैं)। अतएव अपने सम्पूर्ण पापोंके नाशके लिये व्याहृतियों (भूः-भुवः-स्वः या श्रीं-क्लीं-ह्रीं)-द्वारा हवन करके फिर श्रीराधिकाजीको हम प्रणाम करती हैं। (तात्पर्य यह कि विशुद्ध हृदयसे ही श्रीराधिकाजीकी उपासना सम्भव है, अतः यजनसे आत्मशुद्धि करके तब प्रणाम करती हैं) ॥ ३ ॥

'जिनके दिव्य शरीरकी कान्तिके पड़नेसे (जिन योगमायारूपके आश्रयसे) इन्द्रनीलमणिके समान वर्णवाला (इन्द्रियातीत नीलिमाव्यञ्जक) देवाधिदेव श्रीकृष्णचन्द्रका शरीर भी गौर जान पड़ने लगता है (घनसत्त्व होकर आविर्भूत होता है) तथा जिनकी कान्ति पड़नेसे भौंरे, कौए और कोयल (विषय-रस-लोलुप, कटुभाषी पापी एवं मधुरभाषी, पर स्वरूपसे कृष्ण अर्थात् योग-ज्ञानादि साधक, जिनका बाह्यरूप नीरस एवं अनाकर्षक है) भी (रासमण्डलमें) गौरवर्णके (सत्त्वगुणी एवं भक्तियुक्त) हो जाते हैं, उन विश्वकी पालिका श्रीराधिकाजीको हम नमस्कार करती हैं ॥ ४ ॥

'हम सब श्रुतियाँ, सांख्य-योग शास्त्र तथा उपनिषद् जिन परब्रह्मकी अभिन्न शक्तिकी अगम्यताका प्रतिपादन करती हैं, जिनको स्वरूपतः भली प्रकार पुराण भी नहीं जानते, उन देवताओंकी पालिका श्रीराधिकाजीको हम नमस्कार करती हैं॥५॥

सम्पूर्ण संसारके अधीश्वर त्रिभुवनमोहन श्रीकृष्णचन्द्र जिन्हें प्राणसे भी अधिक प्रिय मानते हैं, वृन्दावनमें स्थित अपनी (श्रुतियोंकी) इष्ट—आराध्य-देवी उन श्रीवृन्दा-

वनकी पालिका—अधिष्ठात्री देवी श्रीराधिकाजीको हम नित्य नमस्कार करती हैं ॥ ६ ॥

'विश्वभर्ता श्रीकृष्णचन्द्र एकान्तमें अत्यन्त प्रेमार्द्र होकर जिनकी पदधूलि अपने मस्तकपर धारण करते हैं और जिनके प्रेममें निमग्न होनेपर हाथसे गिरी वंशी एवं बिखरी अलकों-का भी स्मरण उन्हें नहीं रहता, तथा वे क्रीतकी भाँति जिनके वशमें रहते हैं, उन श्रीराधिकाजीको हम नमस्कार करती हैं ॥ ७ ॥

'श्रीरासमण्डलमें जिनकी रासक्रीडा देखकर चन्द्रमा एवं विवस्त्रा देवपत्नियोंको अपने शरीरका भी भान नहीं रह जाता और श्रीवृन्दाबनके समस्त जड एवं जङ्गम भी अपने स्वरूपको भूल जाते हैं अर्थात् जड पाषाण, तरु प्रभृति स्रवित होने लगते हैं और जङ्गम (चर) प्राणी विमुग्ध—स्थिर हो जाते हैं, श्रीरासमण्डलमें भावावेशयुक्ता उन श्रीराधिकाजीको हम नमन करती हैं ॥ ८ ॥

'जिनके अङ्कमें लेटे हुए श्रीकृष्णचन्द्र अपने शाश्वत विहारस्थान गोलोकका स्मरणतक नहीं करते, कमलोद्भवा लक्ष्मी और श्रीपार्वतीजी जिनकी अंशरूपा हैं, उन समस्त शक्तियोंकी अधिष्ठात्री श्रीराधिकाजीको हम प्रणाम करती हैं॥९॥

'(श्रीललितादि) सखियोंके साथ (ऋषभ, गान्धारादि) स्वरोंसे (तार, मध्य और मन्द्र—इन) तीनों ग्रामोंसे तथा (अनेक) मूर्च्छनाओं (स्वरके चढ़ाव-उतारों) से गाते हुए, प्रेमविवश होकर जिन्होंने (श्रीरासक्रीड़ाके समय) श्रीवृन्दावनमें एकमात्र अपनी ही शक्तिसे ब्राह्मी निशा (एक मासपर्यन्त दीर्घरात्रि) का विस्तार (प्रादुर्भाव) किया, उन श्रीराधिकाजीको हम नमस्कार करती हैं ॥ १० ॥

'किसी समय दो भुजाओंवाली (चतुर्भुजी नहीं) श्रीकृष्ण-की मूर्ति बनकर अर्थात् स्वयं द्विभुज श्रीकृष्ण-वेश धारण करके वंशीके छिद्रोंको श्रीराधिकाजीने स्वरसे भर दिया। (तात्पर्य यह कि श्रीकृष्ण-वेश धारण करके किसी दिन श्रीराधिकाजीने वेणु-वादनका प्रयत्न किया और वे केवल वंशी-छिद्रोंसे (गायन-रहित) ध्वनि निकाल पायीं।) इसीसे अत्यन्त उल्लसित होकर देव-देव श्रीकृष्णचन्द्रने कुन्द एवं कल्पवृक्षके पुष्पोंकी माला बनाकर उनका शृङ्गार करके उन्हें प्रसन्न किया ॥ ११ ॥

'जिनका इस उपनिषद्में वर्णन हुआ है, वे श्रीराधिकाजी और आनन्द-सिन्धु श्रीकृष्णचन्द्र वस्तुतः एक ही शरीर एवं परस्पर नित्य अभिन्न हैं। केवल लीलाके लिये वे दो स्वरूपोंमें व्यक्त हुए हैं। अतएव जिस लीलाके लिये उन परम रस-सिन्धुका श्रीविग्रह दो रूपोंमें शोभित हुआ, उस लीलाको जो सुनता या पढ़ता है, वह उन परम प्रभुके विशुद्ध धाम (गोलोक) में जाता है' ॥ १२ ॥

इस उपनिषद्को पूर्वकालमें वशिष्ठजीने मधुरभाषी बृहस्पतिजीको पढ़ाया। बृहस्पतिजीने अपने यजमान इन्द्रको उपदेश किया और तभीसे यह उपनिषद् बार्हस्पत्यके नामसे प्रसिद्ध हुआ।

प्रणवस्वरूप परमपुरुषको नमस्कार! प्रणवके स्मरणके साथ आद्या परमपालिका शक्तिको नमस्कार! नमस्कार !!

॥ अथर्ववेदीय श्रीराधिकातापनीयोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

ऋग्वेदीय

श्रीराधोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

श्रीराधाजीके स्वरूप तथा नामोंका वर्णन

ॐ एक बार ऊर्ध्वरेता सनकादि महर्षियोंने भगवान् श्रीब्रह्माजीकी स्तुति करके पूछा, 'देव ! सर्वप्रधान देवता कौन हैं और उनकी कौन-कौन-सी शक्तियाँ हैं तथा उन शक्तियोंमें सृष्टिका सर्वश्रेष्ठ कारण कौन-सी शक्ति है ?' यह सुनकर श्रीब्रह्माजी बोले—'पुत्रो ! सुनो; किंतु इस अति गोपनीय रहस्यको तुम किसीसे प्रकट न करना—तुम इसे किसी ऐरे-गैरेको मत दे डालना । हाँ, जो स्नेही हों, ब्रह्मवादी हों, गुरुभक्त हों, उन्हें अवश्य देना । उनके अतिरिक्त और किसीको देनेसे महान् पाप लगेगा । भगवान् हरि श्रीकृष्ण ही परमदेव हैं । वे छहों ऐश्वर्योंसे पूर्ण भगवान् गोप और गोपियोंके सेव्य, श्रीवृन्दा (तुलसी) देवीसे आराधित और श्रीवृन्दावनके अधीश्वर हैं । वे ही एकमात्र सर्वेश्वर हैं । उन्हीं श्रीहरिके एक रूप नारायण भी हैं जो कि अखिल ब्रह्माण्डोंके अधीश्वर हैं । ये श्रीकृष्ण प्रकृतिसे भी पुरातन और नित्य हैं। उनकी आह्लादिनी, सन्धिनी, ज्ञान, इच्छा और क्रिया आदि बहुत-सी शक्तियाँ हैं । उनमें आह्लादिनी सर्वप्रधान हैं । ये ही परम अन्तरङ्गभूता श्रीराधा हैं । कृष्ण इनकी आराधना करते हैं, इसलिये ये राधा हैं; अथवा ये सर्वदा कृष्णकी आराधना करती हैं, इसलिये राधिका कहलाती हैं । श्रीराधाको गान्धर्वा भी कहते हैं; व्रजकी गोपाङ्गनाएँ, द्वारकाकी समस्त श्रीकृष्ण-महिषियाँ और श्रीलक्ष्मीजी इन्हीं श्रीराधिकाजीकी कायव्यूह (अंशरूपा) हैं। ये राधा और श्रीकृष्ण रस-सागर एक होते हुए ही शरीरसे क्रीड़ाके लिये दो हो गये हैं। ये श्रीराधिकाजी भगवान् हरिकी सर्वेश्वरी, सम्पूर्ण सनातनी विद्या हैं और श्रीकृष्णके प्राणोंकी अधिष्ठात्री देवी हैं । वेद एकान्तमें इनकी ऐसी ही स्तुति किया करते हैं । इनकी महिमाका मैं अपनी सम्पूर्ण आयुमें भी वर्णन नहीं कर सकता । जिसपर इनकी कृपा होती है, परमधाम उसके हाथमें आ जाता है । इन श्रीराधिकाजीको न जानकर जो श्रीकृष्णकी आराधना करना चाहता है, वह महामूर्ख है, मूढतम है । श्रुतियाँ इनके इन नामोंका गान करती हैं—१ राधा, २ रासेश्वरी, ३ रम्या, ४ कृष्णमन्त्राधिदेवता, ५ सर्वाद्या, ६ सर्ववन्द्या, ७ वृन्दावनविहारिणी, ८ वृन्दाराध्या, ९ रमा, १० अशेषगोपीमण्डलपूजिता, ११ सत्या, १२ सत्यपरा, १३ सत्यभामा, १४ श्रीकृष्णवल्लभा, १५ वृषभानुसुता, १६ गोपी, १७ मूल-प्रकृति, १८ ईश्वरी, १९ गान्धर्वा, २० राधिका, २१ आरम्या, २२ रुक्मिणी, २३ परमेश्वरी, २४ परात्परतरा, २५ पूर्णा, २६ पूर्णचन्द्रनिभानना, २७ भुक्तिमुक्तिप्रदा तथा २८ भवव्याधिविनाशिनी । इन अट्ठाईस नामोंका जो पाठ करते हैं, वे जीवन्मुक्त हो जाते हैं। यों भगवान् श्रीब्रह्माजीने कहा है* ।

---

* राधा रासेश्वरी रम्या कृष्णमन्त्राधिदेवता । सर्वाद्या सर्ववन्द्या च वृन्दावनविहारिणी ॥
वृन्दाराध्या रमाशेषगोपीमण्डलपूजिता । सत्या सत्यपरा सत्यभामा श्रीकृष्णवल्लभा ॥
वृषभानुसुता गोपी मूलप्रकृतिरीश्वरी । गान्धर्वा राधिकाऽऽरम्या रुक्मिणी परमेश्वरी ॥
परात्परतरा पूर्णा पूर्णचन्द्रनिभानना । भुक्तिमुक्तिप्रदा नित्यं भवव्याधिविनाशिनी ॥

'(इस प्रकार भगवान्‌की आह्लादिनी-शक्ति श्रीराधिकाजीका वर्णन हुआ, अब उनकी सन्धिनी-शक्तिका विवरण सुनो ।) यह सन्धिनी-शक्ति धाम, भूषण, शय्या और आसनादि तथा मित्र और भृत्यादिके रूपमें परिणत होती है और मृत्युलोकमें अवतार लेनेके समय माता-पिताके रूपमें परिणत हो जाती है। यही अनेक अवतारोंकी कारण है। ज्ञानशक्तिको ही क्षेत्रज्ञशक्ति कहते हैं और इच्छाशक्तिके अन्तर्भूत माया-शक्ति है। यह सत्त्व, रज और तमोगुणरूपा है तथा बहिरङ्ग और जड है। (जड होनेके कारण भगवान्‌की दृष्टि पड़नेसे) यह अनन्त कोटि ब्रह्माण्डोंकी रचना करती है तथा यही माया और अविद्यारूपसे जीवका बन्धन करती है। क्रियाशक्तिको ही लीलाशक्ति कहते हैं।

'जो इस उपनिषद्‌को पढ़ते हैं, वे अव्रती भी व्रती हो जाते हैं तथा वे अग्निपूत, वायुपूत और सर्वपूत हो जाते हैं। वे श्रीराधाकृष्णके प्रिय होते हैं और जहाँतक दृष्टिपात करते हैं, वहाँतक सबको पवित्र कर देते हैं। ॐ तत्सत्।'

॥ ऋग्वेदीय श्रीराधोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

एकमात्र श्रीकृष्ण ही भजनीय हैं

एको वशी सर्वगः कृष्ण ईड्य एकोऽपि सन् बहुधा यो विभाति ।
तं पीठस्थं येऽनुभजन्ति धीरास्तेषां सिद्धिः शाश्वती नेतरेषाम् ॥
नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान् ।
तं पीठगं येऽनुभजन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम् ॥

(गोपालपू० ता०)

एकमात्र सबको वशमें रखनेवाले, सर्वव्यापी भगवान् श्रीकृष्ण सर्वथा स्तवन करने योग्य हैं। वे एक होकर भी बहुत रूपोंमें प्रकाशित हैं। जो धीर भक्त उन पीठस्थ भगवान्‌को भजते हैं, उन्हींको सनातनी सिद्धि मिलती है, दूसरोंको नहीं।

जो नित्योंके भी नित्य हैं, चेतनोंके भी परम चेतन हैं, जो एक ही बहुतोंकी कामना पूर्ण करते हैं, उन पीठस्थ श्रीभगवान्‌को जो धीर भक्त भजते हैं, उन्हींको सनातन सुख मिलता है, दूसरोंको नहीं।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

ब्रह्मबिन्दूपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

मनके लयका साधन; आत्माका स्वरूप तथा ब्रह्मकी प्राप्तिका उपाय

ॐ । मन दो प्रकारका बताया गया है, एक तो शुद्ध मन और दूसरा अशुद्ध । जिसमें कामनाओं—विषय-भोगोंके संकल्प उठते रहते हैं, वह अशुद्ध मन है; तथा जिसमें कामनाओंका सर्वथा अभाव हो गया है, वही शुद्ध मन है। मनुष्योंका मन ही उनके बन्धन और मोक्षका कारण है। विषयासक्त मन बन्धनका और विषय-संकल्पसे रहित मन मोक्षका कारण माना गया है । क्योंकि विषय-संकल्पसे शून्य होनेपर ही इस मनका लय होता है, इसलिये मोक्षकी अभिलाषा रखनेवाला साधक अपने मनको सदा विषयोंसे दूर रक्खे। जब मनसे विषयासक्ति निकल जाती है और वह हृदयमें स्थिर होकर उन्मनीभावको प्राप्त (संकल्प-विकल्पसे रहित) हो जाता है, तब वही परम पद है। मनको तभीतक रोकनेका प्रयत्न करना चाहिये, जबतक कि वह हृदयमें ही विलीन नहीं हो जाता । मनका हृदयमें लय हो जाना—यही ज्ञान और मोक्ष है; इसके सिवा जो कुछ है, वह ग्रन्थका विस्तारमात्र है। जब न तो कोई चिन्तनीय रह जाय और न अचिन्तनीय ही रह जाय, चिन्तनीय तथा अचिन्तनीय दोनोंमेंसे किसीके प्रति भी मनका पक्षपात न रह जाय, उस समय यह साधक ब्रह्मभावको प्राप्त हो जाता है। स्वर अर्थात् प्रणवके साथ परमात्माकी एकता करे और फिर प्रणवसे अतीत परम तत्त्वकी भावना (चिन्तन) करे। प्रणवातीत तत्त्वकी उस भावनाके द्वारा भावस्वरूप परमात्माकी ही उपलब्धि होती है, अभावकी नहीं। अर्थात् उसके बिना समाधि शून्यरूप ही होती है। वही कलाओंसे रहित अर्थात् अवयवहीन, विकल्पशून्य एवं निरञ्जन—मायारूप मलरहित ब्रह्म है। 'वह ब्रह्म मैं हूँ' यों जानकर मनुष्य निश्चय ही ब्रह्म हो जाता है। विकल्प-शून्य, अनन्त, हेतु और दृष्टान्तसे रहित, अप्रमेय तथा अनादि परम कल्याणमय ब्रह्मको जानकर विद्वान् पुरुष अवश्य ही ब्रह्मरूप हो जाता है ॥ १–९ ॥

न संहार है न सृष्टि; न बन्धन है न उससे छूटनेका उपदेश; न मुक्तिकी इच्छा है न मुक्ति। ऐसा निश्चय होना ही परमार्थबोध (यथार्थ ज्ञान) है । जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—तीनों अवस्थाओंमें एक ही आत्माका सम्बन्ध मानना चाहिये। जो इन तीनों अवस्थाओंसे अतीत हो गया है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता। सम्पूर्ण भूतोंका एक ही अन्तर्यामी आत्मा प्रत्येक प्राणीके भीतर स्थित है। पृथक्-पृथक् जलमें प्रतिबिम्बित होनेवाले चन्द्रमाकी भाँति वही एक और अनेक रूपोंमें दृष्टिगोचर होता है। घटमें आकाश भरा है; किन्तु घटके फूट जानेपर जैसे केवल घड़ेका ही नाश होता है, उसमें भरे हुए आकाशका नहीं, उसी प्रकार देहधारी जीव भी आकाशके ही समान है—शरीरके नाशसे आत्माका नाश नहीं होता । जीवोंका यह भिन्न-भिन्न प्रकारका शरीर घटके ही सदृश है, जो बारंबार फूटता या नष्ट होता रहता है। यह नष्ट होनेवाला जड शरीर अपने भीतर परिपूर्ण चिन्मय ब्रह्मको नहीं जानता, परंतु वह सर्वसाक्षी परमात्मा सब शरीरोंको सदा ही जानता रहता है। जीवात्मा जबतक नाममात्रका अस्तित्व रखनेवाली मायासे आवृत है, तबतक हृदय-कमलमें बद्धकी भाँति स्थित रहता है; जब अज्ञानमय अन्धकारका नाश हो जाता है, तब ज्ञानके आलोकमें विद्वान् पुरुष जीवात्मा और परमात्माकी नित्य एकताका ही दर्शन करता है ॥ १०–१५ ॥

शब्दब्रह्म (प्रणव) भी अक्षर है और परब्रह्म भी अक्षर है। इनमेंसे जिसके क्षीण होनेपर जो अक्षय बना रहता है, वह (परब्रह्म) ही वास्तवमें अक्षर (अविनाशी) है। विद्वान् पुरुष यदि अपने लिये शान्ति चाहे तो उस अक्षर परब्रह्मका ही ध्यान करे। दो विद्याएँ जाननेयोग्य हैं—एक तो वह, जिसे 'शब्दब्रह्म' कहते हैं और दूसरी वह, जो 'परब्रह्म' के नामसे प्रसिद्ध है। 'शब्दब्रह्म' (वेद-शास्त्रोंके ज्ञान) में पारङ्गत होनेपर मनुष्य परब्रह्मको जान लेता है। बुद्धिमान् पुरुष ग्रन्थका अभ्यास करके उससे ज्ञान-विज्ञानके तत्त्वको ग्रहण कर ले, फिर समूचे ग्रन्थको त्याग दे—ठीक उसी तरह, जैसे धान्य—अन्न चाहनेवाला मनुष्य अन्नको तो ले लेता है और पुआलको खलिहानमें ही छोड़ देता है। अनेक रंग-रूपोंवाली गौओंका भी दूध एक ही रंगका होता है। इसी प्रकार बुद्धिमान् पुरुष विभिन्न साम्प्रदायिक चिह्नोंको धारण करनेवाले पुरुषोंके ज्ञानको भी गौओंके दूधकी भाँति एक-सा ही देखता है। बाह्य चिह्नोंके भेदसे ज्ञानमें कोई अन्तर नहीं आता। जैसे दूधमें घी छिपा रहता है, उसी प्रकार प्रत्येक प्राणीके भीतर विज्ञान (चिन्मय ब्रह्म) निवास करता है। जिस प्रकार घीके लिये दूधका मन्थन किया जाता है, वैसे ही विज्ञानमय ब्रह्मकी प्राप्तिके लिये मनको मथानी बनाकर सदा मन्थन (चिन्तन और विचार) करते रहना चाहिये। तदनन्तर ज्ञानदृष्टि प्राप्त करके अग्निके समान तेजोमय ब्रह्मका इस प्रकार अनुभव करे कि 'वह कलाशून्य, निर्मल एवं शान्त परब्रह्म मैं हूँ।' यही विज्ञान माना गया है। जिसमें सम्पूर्ण भूतोंका निवास है, जो स्वयं भी सम्पूर्ण भूतोंके हृदयमें निवास करता है तथा सबपर अहैतुकी दया करनेके कारण प्रसिद्ध है, वह सर्वात्मा वासुदेव मैं हूँ, वह सर्वात्मा वासुदेव मैं हूँ। इस प्रकार यह उपनिषद् पूर्ण हुई॥ १६–२२॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय ब्रह्मविन्दूपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

निश्चयके अनुसार ब्रह्मकी प्राप्ति

सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः सर्वमिदमभ्यात्तोऽवाक्यनादर एष म आत्माऽन्तर्हृदय एतद् ब्रह्मैतमितः प्रेत्याभिसम्भविताऽस्मीति यस्य स्यादद्धा न विचिकित्साऽस्तीति ह स्माऽऽह शाण्डिल्यः शाण्डिल्यः।

(३।१४।४)

शाण्डिल्य ऋषिके ये वचन हैं—जो सर्वकर्मा, सर्वकाम, सर्वगन्ध, सर्वरस, समस्त विश्वमें सर्वत्र व्याप्त, वाक्‌रहित और सम्भ्रमशून्य है, वह मेरा आत्मा हृदयमें सदा विराजमान है। यही ब्रह्म है। इस शरीरको छोड़कर जानेपर मैं इसी परब्रह्मको प्राप्त हो जाऊँगा। जिसका ऐसा दृढ़ विश्वास है, जिसको इसमें कोई संदेह भी नहीं है (उसे इसी ब्रह्मकी प्राप्ति होती है)।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

ध्यानबिन्दूपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः । शान्तिः ॥ शान्तिः ॥॥

ध्यानयोगकी महिमा तथा स्वरूप

यदि बहुयोजनविस्तीर्ण पर्वतके समान भी भारी पापराशि हो, तो भी वह ध्यानयोगके द्वारा नष्ट हो जाती है। (ऐसे महापाप) और किसी साधनसे कभी नष्ट नहीं होते ॥ १ ॥

बीज (कारणभूत) अक्षर (मकार) से परे बिन्दु है और बिन्दुसे परे भी नाद स्थित है, जिससे सुन्दर शब्दका उच्चारण होता है। शक्तिरूप प्रणव नादसे भी परे स्थित है तथा अकारसे लेकर शक्तिपर्यन्त प्रणवरूप अक्षरके क्षीण होनेपर जो शब्दहीन स्थिति होती है, वही 'शान्त' नामसे प्रसिद्ध परम पद है। जो अनाहत (बिना आघातके उत्पन्न, ध्यानमें सुनायी पड़नेवाला, मेघ-गर्जनके समान प्रकृतिका आदि-शब्द) है, उस शब्दका भी जो परम कारण—शक्ति है, उसके भी परमकारण सच्चिदानन्दस्वरूप शान्तपदको जो योगी प्राप्त कर लेता है, उसके समस्त संदेह नष्ट हो जाते हैं ॥ २-३ ॥

बालकी नोकके पचास हजार भाग किये जायँ, फिर उस भागके भी सहस्र भाग करनेपर उस भागका भी जो अर्द्ध-भाग है, उसके समान सूक्ष्मातिसूक्ष्म वह निरञ्जन (विशुद्ध) ब्रह्म है—यों जानना चाहिये। तात्पर्य यह कि वह अत्यन्त दुर्लक्ष्य परमतत्त्व है। जैसे पुष्पमें गन्ध व्याप्त रहती है, जैसे दूधमें घृत अलक्षित रहता है, जैसे तिलमें तेल अनुस्यूत रहता है, जैसे सोनेकी खानके पत्थरोंमें सोना अव्यक्त रहता है, उसी प्रकार वह आत्मा समस्त प्राणियोंमें छिपा है। निश्चयात्मिका बुद्धिसे सम्पन्न, अज्ञानरहित ब्रह्मवेत्ता (सूत्रकी) मणियोंमें सूत्रके समान आत्माको व्याप्त जानकर उसी ब्रह्मस्वरूपमें स्थित रहते हैं। जैसे तिलोंमें तेल व्याप्त है, जैसे फूलोंमें सुगन्ध व्याप्त है, वैसे ही पुरुषके शरीरके बाहर एवं भीतर सब ओर आत्मतत्त्व व्याप्त होकर स्थित है ॥ ४—७ ॥

जैसे वृक्ष अपनी पूरी कलाके साथ रहता है और उसकी छाया वृक्षकी कलासे हीन रहती है, वैसे ही आत्मा अपने कलात्मक (स्व-सच्चिदानन्द) स्वरूपसे और निष्कल (छायास्थानीय जगद्रूप) भावसे सर्वत्र व्याप्त होकर अवस्थित है ॥८॥

(उपर्युक्त आत्मस्वरूपकी उपलब्धि—अनुभूतिके लिये साधन निर्देश करते हैं कि विधिवत् आसनपर अवस्थित होकर) पूरकके द्वारा श्वासको भीतर खींचते हुए नाभिस्थानमें अतसी-पुष्पके समान नीलवर्ण, चतुर्भुज महावीर (भगवान् विष्णु) का ध्यान करना चाहिये। कुम्भकके द्वारा—श्वासको भीतर रोके हुए हृदयस्थानमें लाल कमलकी कर्णिकापर विराजमान, लालवर्णके, चार मुखवाले लोकपितामह ब्रह्माजीका ध्यान करना चाहिये। रेचकके द्वारा श्वास छोड़ते समय ललाटमें विद्यास्वरूप, तीन नेत्रोंवाले, शुद्ध स्फटिकके समान उज्ज्वल रंगके, कलारहित, पापविनाशक भगवान् शङ्करका ध्यान करना चाहिये ॥ ९—११ ॥

सुषुम्णापथमें उपर्युक्त तीनों कमलोंमेंसे नाभिस्थानका कमल आठ दलोंका है। हृदयस्थानका कमल ऊपर नाल एवं नीचे मुख करके अवस्थित है। ललाटमें अवस्थित कमल केलेके फूलके समान नीललोहित (बैंगनी रंगका) है। ये तीनों कमल सर्वदेवमय हैं। इन तीनोंसे ऊपर मूर्धदेशमें एक और कमल है। उसमें सौ दल हैं। उस खिले हुए कमलकी कर्णिका विस्तृत है।

उस कर्णिकापर पहले सूर्य, फिर उनके ऊपर चन्द्रमा और चन्द्रके ऊपर अग्नि—इस प्रकार एकके ऊपर एकका क्रमशः चिन्तन करे। क्योंकि वह कमल सुप्त है; अतः सूर्य, चन्द्र एवं अग्निके धारणके लिये ध्यानके द्वारा उसे पहले जाग्रत्—विकसित कर लेना चाहिये। उस पद्मपर स्थित बीजों (पचास अक्षरों) का उच्चारण करके ही यह जीवात्मा बात-चीत आदि व्यवहारका निर्वाह करता रहता है ॥ १२–१४ ॥

(नाभि, हृदय एवं ललाट)—इन तीनों स्थानों तथा (अपनी उपासनाके पूरक, कुम्भक, रेचक)-रूप तीन मार्गोंवाले; विष्णु, ब्रह्मा एवं शिवरूपसे त्रिविध ब्रह्मस्वरूप; प्रणवरूपमें अकारादि तीन अक्षरोंवाले; उसी रूपमें अकार, उकार, मकार—इन तीन मात्राओंवाले तथा उनमें व्याप्त अर्धमात्रास्वरूप जो परमात्मा हैं, उनको जो जानता है, वही वेदके तात्पर्यका ज्ञाता है। इन तेलकी धाराके समान अविच्छिन्न, घंटेकी अनुरणनरूप ध्वनिके समान दीर्घकालतक ध्वनित होनेवाला तथा बिना वाणीके (प्राणोंद्वारा ही) उच्चरित बिन्दुपर्यन्त प्रणवके बाद प्रकट होनेवाले नादको जो जानता है, वही वेदोंको ठीक जानता है ॥ १५-१६ ॥

प्रणव धनुष है, आत्मा ही बाण है एवं परब्रह्म परमात्मा उसके लक्ष्य हैं। प्रमादहीन साधकके द्वारा ही वह बेधा जाता है। अतः बाणकी भाँति उस लक्ष्यमें तन्मय हो जाना चाहिये। अपने शरीरको नीचेकी अरणि (यज्ञिय अग्निमन्थन-काष्ठ) बनावे और प्रणवको ऊपरकी अरणि बनावे। ध्यानाभ्यासरूपी मन्थन-क्रियाके द्वारा साधक काष्ठमें व्याप्त हुई अग्निकी भाँति सबके भीतर व्याप्त परमदेव परमात्माका साक्षात्कार करे ॥ १७-१८ ॥

जैसे (बच्चे) कमलकी नालसे पानी धीरे-धीरे खींचते हैं, वैसे ही योगी योगावस्थामें स्थित होकर धीरे-धीरे प्राणोंको खींचे (अर्थात् स्वाधिष्ठान आदि चक्रोंका भेदन करते हुए प्राणको क्रमशः ऊर्ध्वभूमिकामें ले जाय)। जैसे किसान रस्सी-द्वारा कुएँसे जल निकालता है, उसी प्रकार प्रणवकी अर्धमात्रा (अव्यक्त नादोच्चारण) को रस्सी बनाकर हृदय-कमलरूपी कुएँसे नाल (सुषुम्णा)-मार्गके द्वारा जलरूपा कुण्डलिनीको भ्रूमध्यमें ले जाय। नासिकाकी जड़से लेकर दोनों भौंहोंके मध्यमें जो ललाट है, वहाँतक अमृत-स्थान समझना चाहिये। यही विश्वका महान् निवास-स्थान (परमात्मपद) है। यही विश्वका महान् निवासस्थान (परमात्मपद) है।

॥ कृष्णयजुर्वेदीय ध्यानबिन्दूपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

ब्रह्मज्ञानसे ब्रह्मत्वकी प्राप्ति

स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्माभयं वै ब्रह्माभयं हि वै ब्रह्म भवति य एवं वेद ॥

(बृहदारण्यक ४ । ४ । २५)

यह महान् आत्मा जन्मसे रहित, बुढ़ापेसे रहित, मृत्युसे रहित और भयसे रहित है। ब्रह्म अभय है, निश्चय ब्रह्म अभय है। जो इस प्रकार जानता है, वह निश्चय ही ब्रह्म हो जाता है।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

तेजोबिन्दूपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रणवस्वरूप तेजोमय बिन्दुके ध्यानकी महिमा तथा उसके अधिकारी एवं अनधिकारी

ॐ मायिक जगत्‌से परे हृदयाकाशमें अवस्थित प्रणवस्वरूप तेजोमय बिन्दुका ध्यान ही परम ध्यान है। वह तेजोमय बिन्दुका ध्यान आणव (अत्यन्त सूक्ष्म उपायसे साध्य), शाम्भव (शिवरूपताकी प्राप्ति करानेवाला) एवं शाक्त (गुरुकी शक्तिसे ही साध्य) है। इसी प्रकार स्थूल, सूक्ष्म तथा इन दोनोंसे परे सर्वातीत फलस्वरूप भी है। बुद्धिमान् मुनियोंके लिये भी उस बिन्दुके ध्यानकी साधना बड़ी कठिन है, वह कठिनतासे आराधित (सिद्ध) होता है। वह दुर्दर्श है। उसका आश्रयण कठिनतासे हो पाता है। वह कठिनाईसे ही लक्षित होता है। वह दुस्तर है, उस ध्यानको अन्ततक निभा लेना अत्यन्त कठिन है ॥ १-२ ॥

आहारको जीतकर (मिताहारी होकर), क्रोधको वशमें करके, समस्त सङ्गोंसे तटस्थ होकर, इन्द्रियोंपर विजय करके, सुख-दुःखादि द्वन्द्वोंसे रहित होकर, अहंकारको त्यागकर, समस्त आशाओंको छोड़कर एवं संग्रहहीन होकर, तथा दूसरोंको जो अगम्य है, उसे भी प्राप्त करनेके दृढ़ निश्चयसे युक्त होकर, केवल गुरुसेवाका ही प्रयोजन रखनेवाला साधक इस ध्यानका मुख्य अधिकारी है। इस तेजोमय बिन्दुके ध्यानमें साधकलोग वैराग्य, उत्साह एवं गुरुभक्ति—ये तीन द्वार (प्रमुख साधन) उपलब्ध करते हैं; अतः यह हंस (विशुद्धतत्त्व) त्रिधामा कहा जाता है ॥ ३-४ ॥

यह ध्यान करनेयोग्य तेजोबिन्दु परम गोपनीय एवं अधिष्ठानरूप है। यह सबको प्रतीत न होनेके कारण अव्यक्त है, ब्रह्मस्वरूप है; इसका कोई अधिष्ठान नहीं। यह स्वयं ही सबका आधार है। यह आकाशके समान व्यापक है, सूक्ष्मकलात्मक एवं भगवान् विष्णुका प्रसिद्ध परमपद (परमधाम) भी यही है। यह तीनों लोकोंका पिता (उत्पत्तिस्थान), त्रिगुणमय, सबका आश्रय, त्रिभुवनस्वरूप, निराकार, गतिहीन, समस्त विकल्पोंसे रहित, बिना किसी आधार एवं आश्रयका—स्वप्रतिष्ठानस्वरूप है। यह समस्त उपाधियोंसे रहित, स्थिति, वाणी प्रभृति इन्द्रियों एवं मनकी गतिसे परे, स्वभावकी भावना (अपने वास्तविक स्वरूपके चिन्तन)-द्वारा ही ग्राह्य तथा समष्टि और व्यष्टिवाचक पदोंसे भी अगम्य है ॥ ५—७ ॥

यह तेजोबिन्दु आनन्दस्वरूप, विषय-सुखोंसे परे, बड़ी कठिनाईसे साक्षात् होनेवाला, अजन्मा, अविनाशी, चित्तकी वृत्तियोंसे विनिर्मुक्त, शाश्वत, निश्चल तथा अस्खलित है। वही ब्रह्मस्वरूप है। वही अध्यात्मस्वरूप है। वही निष्ठा, परम मर्यादा और वही परम आश्रय है। वह शून्य न होनेपर भी शून्यके समान है और शून्यसे परे स्थित है। वह न ध्यान है, न ध्यान करनेवाला है और न ध्येय है; तथापि सदा ध्यान करनेयोग्य अथवा ध्येयस्वरूप ही है। वह सर्वस्वरूप और सबसे परे है। शून्यस्वरूप है। उस परमतत्त्वसे परे कुछ भी नहीं है। वह परात्पर है। वह अचिन्त्य है। उसमें जागरण आदिका व्यापार नहीं है। उसे ज्ञानी महात्मा सत्यरूपसे ही जानते हैं। वह मुनियोंके योग्य (मुनियोंका आराध्य) तत्त्व है और देवता उसे परमतत्त्वरूप ही जानते हैं ॥८—११॥

लोभ, मोह, भय, अहङ्कार, काम और क्रोधके परायण तथा पापोंमें लगे हुए लोग, सर्दी-गर्मीके द्वन्द्वोंमें आसक्त, भूख-प्यासकी चिन्ता एवं विविध संकल्प-विकल्पोंमें संलग्न, ब्राह्मण (उच्च) वंशमें उत्पत्तिका गर्व रखनेवाले और मुक्ति-प्रतिपादक शास्त्रोंके केवल संग्रहमें आसक्त (केवल शास्त्र-ज्ञानी) उस तेजोबिन्दुको नहीं जान पाते। तथा वह भय, सुख-दुःख तथा मानापमानादिमें फँसे हुए लोगोंको भी नहीं प्राप्त होता। जो इन सारे (दूषित) भावोंसे छूटे हुए हैं, उन्हींके द्वारा यह परात्पर ब्रह्म प्राप्त होनेयोग्य है। उन्हींके द्वारा वह परात्पर ब्रह्म प्राप्त होनेयोग्य है ॥ १२-१३ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय तेजोबिन्दूपनिषद् समाप्त ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

ऋग्वेदीय

नादबिन्दूपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम अध्याय

प्रथम खण्ड

ॐकारकी हंसरूपमें उपासना

ॐ। प्रणवरूपी हंसका अकार दक्षिण पक्ष (पाँख) और उकार उत्तर (बायाँ) पक्ष माना गया है। मकार ही उसकी पूँछ है तथा अर्द्धमात्रा सिर है। रजोगुण और तमोगुण उसके दोनों पैर हैं और सत्त्वगुण शरीर कहलाता है। धर्म दक्षिण नेत्र है और अधर्म वाम नेत्र कहलाता है। भूलोक उसके दोनों पैरोंमें है। भुवर्लोक उसके दोनों जानुओंमें है, स्वर्लोक उसके कटिदेशमें है और महर्लोक नाभिदेशमें है। जनलोक उसके हृदयमें है, तपोलोक कण्ठदेशमें है। भौंहों और ललाटके बीचमें सत्यलोक व्यवस्थित है। उपर्युक्त कथनके अनुमोदनमें श्रुतिने संमतिरूपसे 'सहस्राक्ष्यम्'* यह मन्त्र प्रदर्शित किया है। इस प्रकारसे वर्णित जो ॐकाररूपी हंस है, उसपर आरूढ़—उसके चिन्तनमें निमग्न हुआ हंसयोग-विचक्षण पुरुष—प्रणवकी ध्यान-विधिमें कुशल उपासक कर्मानुष्ठान करते हुए कोटि-कोटि पापोंसे छूटकर बन्धन-मुक्त हो जाता है॥ १—५ ॥

द्वितीय खण्ड

ॐकारकी बारह मात्राएँ और उनमें प्राण-वियोगका फल

अकार नामकी प्रथम मात्रा आग्नेयी है, अग्निमण्डलसदृश उसका रूप है, अग्नि उसके देवता हैं। दूसरी उकार नामकी मात्रा वायव्या है, वायुमण्डलसदृश रूपवाली है। वायु उसके देवता हैं। उसके बाद मकार नामकी उत्तर-मात्रा सूर्यमण्डलके सदृश है, सूर्य ही उसके देवता हैं। और चौथी अर्द्धमात्रा वारुणी है, उसके देवता वरुण हैं। उन चारों

---

* पूरा मन्त्र और उसका अर्थ इस प्रकार है—'सहस्राक्ष्यं वियतावस्य पक्षौ हरेर्हंसस्य पततः स्वर्गं स देवान् सर्वानुरस्ययदप्य सम्पश्यन् याति भुवनानि पश्य।'

अर्थात् सूर्यदेवके विचरण करनेयोग्य जो स्वर्ग—द्युलोक है, उसकी ओर उड़नेवाले श्रीविष्णुरूपी हंस (ॐकार) के दो पंख हैं—पूर्व और पश्चिमके आकाशस्वरूप, अकार और उकार—ये दो मात्राएँ। वह ॐकाररूप हंस सात्त्विक देवताओंको अपने सत्त्वमय हृदयमें स्थापित करके सम्पूर्ण लोकोंको प्रत्यक्ष देखता हुआ ब्रह्मलोकतक गमन करता है; उसपर आरूढ़ हुआ उपासक भी वहाँतक पहुँच जाता है।

मात्राओंमेंसे प्रत्येक मात्रा तीन-तीन कलारूपी मुखसे सुशोभित है। इस प्रकार द्वादशकलात्मक 'ॐकार' कहा गया है। धारणा, ध्यान और समाधिके द्वारा इसको जानना चाहिये। उन द्वादश कलाओंमें प्रथमा मात्रा 'घोषिणी' कहलाती है, द्वितीया 'विद्युन्माला', तृतीया 'पतङ्गी', चतुर्थी 'वायुवेगिनी', पञ्चमी 'नामधेया' और षष्ठी मात्रा 'ऐन्द्री' कहलाती है। सप्तमीका नाम 'वैष्णवी' है और अष्टमी 'शाङ्करी' कहलाती है। नवमी 'महती', दशमी 'ध्रुवा', एकादशी 'मौनी' और द्वादशी मात्रा 'ब्राह्मी' कहलाती है। यदि प्रथमा मात्रामें उपासकका प्राणान्त होता है तो वह भारतवर्षमें सार्वभौम चक्रवर्ती राजाके रूपमें जन्म लेता है। द्वितीया मात्रामें प्राणोंका उत्क्रमण होनेपर वह महिमाशाली यक्ष होता है। तृतीया मात्रामें विद्याधर, और चतुर्थीमें गन्धर्व होता है। यदि पञ्चमी मात्रामें उसका प्राणोंसे वियोग होता है तो वह तुषित नामके देवताओंके साथ रहता हुआ चन्द्रलोकमें सम्मानित होता है। षष्ठी मात्रामें (मृत्यु होनेपर) इन्द्रका सायुज्य प्राप्त होता है। सप्तमीमें भगवान् विष्णुके पद (वैकुण्ठ-धाम) को प्राप्त करता है। अष्टमीमें रुद्रलोकमें जाकर पशुपति भगवान् शङ्करका सामीप्य लाभ करता है। नवमी मात्रामें महर्लोक, दशमी मात्रामें ध्रुवलोक, एकादशी मात्रामें तपोलोक तथा द्वादशी मात्रामें प्राणका उत्क्रमण होनेपर उपासक शाश्वत ब्रह्मलोकमें (ब्रह्माकी आयुपर्यन्त) प्रतिष्ठित होता है ॥ १—१० ॥

तृतीय खण्ड

योगयुक्त स्थितिका वर्णन

इसकी अपेक्षा भी परतर—श्रेष्ठ, शुद्ध, व्यापक, निष्कल तथा कल्याणस्वरूप सदा उदित परमब्रह्म-तत्त्व है; उसीसे अग्नि, सूर्य, चन्द्र आदि सभी प्रकारकी ज्योतियोंका उदय होता है। जब मन इन्द्रियातीत और सत्त्व आदि तीनों गुणोंके परे परतत्त्वमें लीन होता है, तब वह उपमारहित और अभावस्वरूप हो जाता है। उस स्थितिमें साधकको योगयुक्त कहना चाहिये। जो परमात्माका भक्त है, जिसका मन परमात्मामें ही आसक्त है, वह योगमार्गके द्वारा स्वस्थ होकर सब प्रकारकी लौकिक आसक्तियोंसे मुक्त हो धीरे-धीरे शरीरमें आत्माभिमानको त्याग दे। तब उसका संसार-बन्धन नष्ट हो जाता है; वह निर्मल, कैवल्य-प्राप्त और परमात्मस्वरूप हो जाता है। और उसी ब्रह्मभावसे परमानन्दको प्राप्त करता है, परमानन्दका उपभोग करता है ॥ १—४ ॥

॥ प्रथम अध्याय समाप्त ॥ १ ॥

द्वितीय अध्याय

प्रथम खण्ड

ज्ञानीके लिये प्रारब्ध नहीं रह जाता

हे महामते ! निरन्तर प्रयत्न करके आत्माके स्वरूपको जानकर उसीके चिन्तनमें अपना समय व्यतीत करो; समस्त प्रारब्धकर्मोंके भोगोंको भोगते हुए तुम्हें उद्विग्न नहीं होना चाहिये। आत्मज्ञान हो जानेपर भी प्रारब्ध स्वयं नहीं छोड़ता। परंतु जब तत्त्वज्ञानका उदय होता है, तब ज्ञानीकी दृष्टिमें प्रारब्धकर्मका उसी प्रकार अभाव हो जाता है, जिस प्रकार स्वप्नलोकके देहादिक असत् होनेके कारण जागनेपर नहीं रह जाते। जन्मान्तरके किये हुए जो कर्म हैं, वे ही प्रारब्ध कहे गये हैं। परंतु ज्ञानीके लिये तो जन्मान्तर भी नहीं है; अतः उसके लिये कभी भी प्रारब्ध नहीं रहता। जिस प्रकार स्वप्नकालीन देह देह नहीं होती, अध्यासमात्र होती है, उसी प्रकार यह जाग्रत्-कालका शरीर भी अध्यासमात्र है। अध्यस्त पदार्थकी उत्पत्ति कहाँ होती है। और जिसकी उत्पत्ति नहीं हुई, उसकी स्थिति कहाँ ! (जैसे रज्जुमें सर्पका अध्यास होनेपर रज्जुमें सर्प नहीं पैदा होता और न वहाँ सर्पकी स्थिति ही होती है।) इस प्रपञ्चका उपादान-कारण आत्मा है, जिस प्रकार मिट्टीके पात्रोंका उपादान-कारण मिट्टी है। वेदान्तके अनुसार यह प्रपञ्च अज्ञानके कारण आत्मामें भासता है; यदि अज्ञान नष्ट हो जाय तो विश्वकी विश्वता कहाँ रहेगी। जिस प्रकार भ्रमसे मनुष्य रज्जुबुद्धिका त्याग करके उसे सर्प-बुद्धिसे ग्रहण करता है, उसी प्रकार अज्ञानी पुरुष सत्य (आत्मा)का ज्ञान न होनेके कारण प्रपञ्चको देखता है।

जब सामने रस्सीके टुकड़ेको अच्छी तरह पहचान लेनेपर जैसे उसमें प्रतीत होनेवाला सर्परूप नहीं रह जाता, उसी प्रकार अधिष्ठानस्वरूप आत्माका ज्ञान होनेपर जब प्रपञ्च भी शून्यताको प्राप्त हो जाता है, तब देह भी प्रपञ्चरूप ही होनेके कारण उसके साथ ही शून्यतामें परिणत हो जाता है। उस अवस्थामें प्रारब्धकी स्थिति कैसे रह सकती है। अज्ञानी-जनोंको समझानेके लिये प्रारब्धकी बात कही जाती है। तदनन्तर कालवश ही प्रारब्धके नष्ट हो जानेपर प्रणव और ब्रह्मकी एकताके चिन्तनसे नादरूपमें साक्षात् ज्योतिर्मय, शिवस्वरूप परमात्माका आविर्भाव होता है—ठीक वैसे ही, जिस प्रकार मेघके दूर हो जानेपर सूर्यनारायण प्रकाशित हो उठते हैं। योगी सिद्धासनसे बैठकर वैष्णवी मुद्रा[1] धारण करके दहिने कानके भीतर उठते हुए नाद (अनाहत ध्वनि) को सदा सुनता रहे। इस प्रकार अभ्यासमें लाया हुआ नाद बाह्य ध्वनियोंको आवृत कर लेता है। इस प्रकार एक पक्ष अर्थात् अकारको जीतकर दूसरे पक्ष उकारको जीते और क्रमशः सम्पूर्ण प्रणवपर विजय प्राप्तकर तुर्यपद अर्थात् आत्मसाक्षात्कारको प्राप्त होता है ॥ १–११ ॥

द्वितीय खण्ड

नादके अनेक प्रकार

अभ्यासके प्रारम्भमें यह नाद बहुत जोर-जोरसे और नाना प्रकारसे सुनायी देता है और अभ्यासके बढ़ जानेपर वह सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर रूपमें सुनायी पड़ता है। प्रारम्भमें समुद्र, बादल, भेरी तथा झरनोंसे उत्पन्न ध्वनिके समान एवं मृदङ्ग, घंटे तथा नगारेकी ध्वनिके समान वह नाद सुनायी देता है और अन्तमें किङ्किणी, वंशी, वीणा तथा भ्रमरकी ध्वनिके समान मधुर नाद सुन पड़ता है। इस प्रकार सूक्ष्म-से-सूक्ष्म होते हुए नाना प्रकारके नाद सुनायी पड़ते हैं ॥ १—३ ॥

तृतीय खण्ड

नादानुसंधान

जब महान् भेरी आदिकी ध्वनि सुन पड़े, तब उसमें सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर नादका विचार करे—घने नादको छोड़कर सूक्ष्म नादमें अथवा सूक्ष्म नादको छोड़कर घने नादमें रमते या जाते हुए मनको अन्यत्र न ले जाय। पहले जिस किसी भी सूक्ष्म या घन नादमें मन लगता है, वहीं-वहीं वह स्थिर होकर उस नादके साथ ही विलीन हो जाता है। सारे बाह्य प्रपञ्चको भूलकर दूधमें मिले हुए पानीके समान नादमें एकीभूत हुआ मन उस नादके साथ ही सहसा चिदाकाशमें विलीन हो जाता है। इसलिये नाद-श्रवणसे अतिरिक्त विषयोंकी ओरसे उदासीन होकर संयमी पुरुष निरन्तर अभ्यासके द्वारा मनको तत्काल अपने प्रति उत्सुक बनानेवाले नादका ही श्रवण एवं चिन्तन करता रहे। सारी चिन्ताओंका त्याग करके, सारी चेष्टाओंको छोड़कर नादका ही अनुसंधान करे; क्योंकि नादमें चित्त विलीन होता है, नादमें चित्त विलीन होता है ॥ १–५ ॥

॥ द्वितीय अध्याय समाप्त ॥ २ ॥

तृतीय अध्याय

प्रथम खण्ड

नादके द्वारा मन कैसे वशीभूत होता है

जिस प्रकार पुष्परसका पान करता हुआ भ्रमर पुष्पगन्धकी अपेक्षा नहीं करता, उसी प्रकार नादमें सदा आसक्त रहनेवाला चित्त विषयोंकी आकाङ्क्षा नहीं करता। यह चित्तरूपी आन्तरिक सर्प नादको ग्रहण करनेपर उस सुन्दर नादकी गन्धसे बँधकर तत्काल सारी चपलताओंका परित्याग कर देता है। फिर संसारको भूलकर और

१. 'अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता। एषा सा वैष्णवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥
'बाहरकी ओर निर्निमेष दृष्टि हो और भीतरकी ओर लक्ष्य हो—सब तन्त्रोंमें गूढ भावसे बतायी हुई वह वैष्णवी मुद्रा यही है।'

एकाग्र होकर इधर-उधर कहीं नहीं दौड़ता । विषयोंके उद्यानमें विचरनेवाले मनरूपी मतवाले हाथीको वशीभूत करनेमें यह नादरूपी तीक्ष्ण अंकुश ही समर्थ होता है। यह नाद मनरूपी मृगके बाँधनेमें जालका काम करता है । मनरूपी तरङ्गको रोकनेमें तटका काम करता है ॥ १–५ ॥

द्वितीय खण्ड

नादमें मनका लय

ब्रह्मस्वरूप प्रणवमें संलग्न नाद ज्योतिःस्वरूप होता है, उसमें मन लयको प्राप्त होता है। वही भगवान् विष्णुका परमपद है। जबतक शब्दोंका उच्चारण और श्रवण होता है, तभीतक मनमें आकाशका संकल्प रहता है। निःशब्द होनेपर तो वह परम ब्रह्म परमात्मरूपमें ही अनुभूत होता है । जबतक नाद है, तबतक मन है । नादके सूक्ष्मसे सूक्ष्मतर होनेपर मन भी अमन हो जाता है । सशब्द नाद अक्षर-ब्रह्ममें क्षीण हो जाता है । उस निःशब्द नादको ही परम पद कहते हैं। जब निरन्तर नादका अनुसन्धान करनेसे वासनाएँ सम्यक्‌रूपसे क्षीण हो जाती हैं, तब मन और प्राण निःसन्देह निराकार ब्रह्ममें विलीन हो जाते हैं। कोटि-कोटि नाद और कोटि-कोटि बिन्दु ब्रह्मप्रणवनादमें लीन हो जाते हैं ॥ १–५ ॥

तृतीय खण्ड

मनके अमन हो जानेकी स्थितिका वर्णन

जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति प्रभृति सारी अवस्थाओंसे मुक्त हुआ तथा सारी चिन्ताओंको त्यागकर जो योगी मृतवत् रहता है, वह मुक्त है—इसमें संशय नहीं है। वह शङ्ख-दुन्दुभिनादको कदापि नहीं सुनता। जिसमें मन अमन हो जाता है, उस अवस्थाके होनेपर मन इस देहमें रहकर भी काष्ठवत् निश्चेष्ट प्रतीत होता है। वह न शीत जानता है न उष्ण और न सुख जानता है न दुःख । न मान समझता है न अपमान। समाधिके द्वारा वह इन सबका सम्यक्‌रूपसे त्याग कर देता है। योगीका चित्त जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति आदि तीनों अवस्थाओंका कभी अनुसरण नहीं करता । योगी जाग्रत् तथा स्वप्नावस्थासे मुक्त होकर अपने स्वरूपमें अवस्थित होता है। बिना दृश्य वस्तुके ही जिसकी दृष्टि स्थिर है, बिना प्रयत्नके ही जिसकी प्राणवायु स्थिर है, बिना किसी अवलम्ब या आश्रयके ही जिसका चित्त स्थिर हो गया है, वह योगी ब्रह्ममय प्रणवके अन्तर्वर्ती तुरीय-तुरीय स्वरूप नादरूपमें स्थित है। यह इतना उपनिषद् है ॥ १–५ ॥

॥ तृतीय अध्याय समाप्त ॥ ३ ॥

॥ ऋग्वेदीय नादबिन्दूपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः । शान्तिः ॥ शान्तिः ॥॥

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

अमृतनादोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रणवोपासना; योगके छः अङ्ग; प्राणायामकी विधि; योग-साधनका फल; पाँचों प्राणोंका रंग

बुद्धिमान् पुरुष शास्त्रोंका अध्ययन करके एवं बार-बार उनका अभ्यास करके ब्रह्मविद्याकी प्राप्तिके परम कारणभूत इस बिजलीकी चमकके समान क्षणप्रकाशी जीवनको व्यर्थ नष्ट न करे । ॐकारके रथमें बैठकर और भगवान् विष्णुको सारथि बनाकर ब्रह्मलोकके यथार्थ पदका अन्वेषण करते हुए भगवान् रुद्रकी आराधनामें तत्पर होना चाहिये ।* तबतक रथसे चले, जबतक रथसे चलने योग्य मार्गपर ही स्थिति हो । जब वह मार्ग पूरा हो जाता है, तब उस रथ-मार्गपर खड़े हुए रथको छोड़कर मनुष्य स्वतः आगे चला जाता है । तात्पर्य यह कि जबतक लक्ष्यकी प्राप्ति न हो जाय, तबतक दृढ़तापूर्वक साधनमें संलग्न रहना चाहिये; लक्ष्य-सिद्धिके पश्चात् अनावश्यक साधन स्वतः छूट जाते हैं ।

प्रणवकी जो अकार आदि मात्राएँ हैं, उनके लिङ्गभूत जो **'जागरितस्थानः सप्ताङ्गः एकोनविंशतिमुखः'** इत्यादि पद हैं, उनके आश्रयभूत विश्व, विराट् आदिके चिन्तनपूर्वक उनका त्याग करके स्वरहीन (केवल नादरूप) मकारके द्वारा उसके अर्थभूत प्राज्ञ ईश्वरका चिन्तन करनेसे साधक क्रमशः उस सूक्ष्मपद (तुरीयतत्त्व) में प्रवेश करता है, जो अकारादि स्वरों और ककारादि व्यञ्जनोंसे व्यवहृत होनेवाले सम्पूर्ण प्रपञ्चसे सर्वथा परे है । शब्द-स्पर्शादि पाँचों विषय, उन्हें ग्रहण करनेवाली इन्द्रियाँ तथा अत्यन्त चञ्चल मन—इनको सूर्यस्वरूप अपने आत्माकी किरणोंके रूपमें देखे । अर्थात् आत्मप्रकाशसे ही मनकी सत्ता है और उसी आत्मप्रकाशकी बाह्य सत्तासे शब्दादि विषय भी सत्तावान् हैं, ऐसा चिन्तन करे । इस प्रकार अनात्मपदार्थोंकी ओरसे मन और इन्द्रियोंको समेटकर केवल आत्माके चिन्तनको 'प्रत्याहार' कहा जाता है । प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, तर्क (विचार) तथा समाधि—ये योगके छः अङ्ग बताये गये हैं ॥ १—६ ॥

जैसे पर्वतोंमें उत्पन्न स्वर्णादि धातुओंका मल उनको अग्निमें तपानेसे भस्म हो जाता है, वैसे ही इन्द्रियोंद्वारा लाये गये दोष प्राणोंके रोकने (प्राणायाम करने) से भस्म हो जाते हैं । प्राणायामके द्वारा दोषों (इन्द्रियोंमें आये हुए विकारों) को तथा धारणाके द्वारा पापों (इन्द्रिय-लोलुपताके संस्कारों) को भस्म कर दे । इस प्रकार पापों तथा उनके संस्कारोंका नाश करके आराध्यके मनोहर स्वरूपका चिन्तन करे । आराध्यके उस मनोहर स्वरूपका चिन्तन करते हुए वायुको भीतर स्थिर रखना (कुम्भक करना), रेचक करना (श्वासको छोड़ना) तथा वायुको खींचना (पूरक करना)—इस प्रकार रेचक, पूरक तथा कुम्भकके रूपमें तीन प्रकारके प्राणायाम बताये गये हैं । प्राण-शक्तिका विस्तार करनेवाला साधक (**ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः, ॐ महः, ॐ जनः,**

---

* यहाँ प्रणव तथा उसकी मात्राओंके चिन्तनकी बात कही गयी है । प्रणवकी तीन मात्राएँ हैं—अकार, उकार तथा मकार । अकार विष्णुका, उकार ब्रह्माका तथा मकार भगवान् रुद्रका वाचक है । इन तीन मात्राओंका क्रमशः चिन्तन करना चाहिये । विष्णुको सारथि बनाना 'अकार' रूप प्रथम मात्राका चिन्तन करना है । ब्रह्मलोक-पदका अन्वेषण उकारका चिन्तन है और रुद्रकी आराधनाका तात्पर्य मकारका चिन्तन है ।

ॐ तपः, ॐ सत्यम्—इस प्रकार) व्याहृतियों तथा प्रणव-सहित सम्पूर्ण गायत्री-मन्त्रका (ॐ आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम् इस) शिरोभागके साथ पूरक, कुम्भक और रेचक करते समय जब तीन-तीन बार मानस-पाठ करे, तब उसे एक 'प्राणायाम' कहते हैं ॥ ७—१० ॥

प्राणवायुको आकाशमें निकालकर हृदयको वायुशून्य एवं चिन्तनशून्य करके शून्यभावमें मनको लगा दे, यह रेचक प्राणायामका लक्षण है। जैसे मनुष्य मुखसे कमल-नालद्वारा धीरे-धीरे जलको खींचता है, उसी प्रकार धीरे-धीरे वायुको अपने भीतर ग्रहण करना चाहिये—यह पूरकका लक्षण है। न तो श्वासको भीतर खींचे, न बाहर ही निकाले और न शरीरको हिलाये ही—इस प्रकार प्राणवायुका निरोध करे; यह कुम्भक प्राणायामका लक्षण है ॥ ११–१३ ॥

रूपोंको अंधेके समान देखे, शब्दको बहरेके समान सुने तथा शरीरको लकड़ीके समान समझे। अर्थात् रूप, शब्द तथा शरीरके सुख-दुःखादिसे तनिक भी प्रभावित न हो। यह 'प्रशान्त' का लक्षण है। बुद्धिमान् पुरुष मनको संकल्पात्मक (संकल्पस्वरूप) समझकर उसे आत्मामें (बुद्धिमें) विलीन कर दे तथा उस बुद्धिको भी परमात्म-चिन्तनमें स्थापित करे—लगाये। इसीको 'धारणा' कहा गया है। शास्त्रोंके अनुकूल ऊहा (युक्तिपूर्वक विचार) 'तर्क' कहा जाता है और जिसे प्राप्त करके दूसरे समस्त प्राप्तव्योंका अपमान कर देता है—सबको तुच्छ समझ लेता है, उस स्थितिको 'समाधि' कहा जाता है ॥ १४—१६ ॥

भूमिके समान एवं रमणीय तथा (अशुद्धता, विषमता, कीटादियुक्तता प्रभृति) सम्पूर्ण दोषोंसे रहित भागमें मानसिक रक्षा (दिग्बन्धादि) करके और मण्डल (यदेतन्मण्डलं तपति—इत्यादि मण्डल-ब्राह्मण) का जप करके पद्मासन, स्वस्तिकासन अथवा भद्रासनमेंसे किसी योगासनको भली प्रकार लगाकर उत्तरकी ओर मुख करके बैठे। फिर एक अँगुलीसे नासिकाके एक छिद्रको बंद करके दूसरे खुले छिद्रसे वायुको खींचकर, दोनों नासापुटोंको बंदकर उस वायुको धारण करे। उस समय तेजोमय शब्द (प्रणव) का ही चिन्तन करे। वह शब्द 'ॐकार' स्वरूप एकाक्षर ब्रह्म ही है। फिर इसी 'ॐ' इस एकाक्षर ब्रह्मका ही चिन्तन करता हुआ रेचक करे—वायुको धीरे-धीरे छोड़े। इस प्रकार अनेकों बार इस प्रणवस्वरूप दिव्य-मन्त्रके द्वारा (प्राणायाम करते हुए) अपने चित्तके मलको दूर करे ॥ १७—२० ॥

इस प्रकार प्राणायामद्वारा पापराशिका नाश करके पहले बताये हुए (अकार, उकार, मकार, बिन्दु तथा नादरूप) प्रणव-मन्त्रका ध्यान करे अर्थात् प्रणवकी प्रत्येक मात्राके साथ उसके लोक, गुण एवं अधिदेवताका चिन्तन करते हुए प्राणायाम करे। इस प्रकारके प्रणवगर्भ प्राणायामको स्थूलाति-स्थूल मात्रा*से अधिक कभी न करे। अपनी दृष्टिको तिर्यक् (सामनेकी ओर), ऊपरकी ओर अथवा नीचेकी ओर स्थिर करके महामति (परम बुद्धिमान्) साधक स्थिरतापूर्वक स्थित होकर, निष्कम्प (अङ्गचालनहीन) रहकर तब योगका अभ्यास करे ॥ २१-२२ ॥

यह योग तालवृक्षके समान कुछ समयमें फल देनेवाला है और इसका धारण नियत योजनापूर्वक (अर्थात् जितना प्रथम प्रारम्भ करे, उसे उतना ही रक्खे या बढ़ाता जाय; पर न तो घटाये और न मध्यमें उसका विराम करे—इस प्रकार) करनेयोग्य है। इसमें द्वादश मात्राओंकी (प्रणवकी अ,उ, म तथा नादरूप चारों मात्राओंकी तीनों प्राणायामोंमें) आवृत्ति भी कालसे निश्चित कही गयी है। अर्थात् एक मात्राके लिये जितना समय दिया जाय, दूसरीके लिये भी उतना ही समय देना चाहिये। कोई मात्रा शीघ्र एवं कोई देरतक मनमें न जपी जाय ॥ २३ ॥

यह प्रणव-नामक घोष बाह्य प्रयत्नसे उच्चारित होनेवाला नहीं है। यह व्यञ्जन नहीं है। स्वर भी नहीं है। कण्ठ, तालु, ओष्ठ और नासिकासे उच्चारित होनेवाला (सानुनासिक) भी नहीं है। यह रेफजातीय (अर्थात् मूर्द्धासे उच्चारित होनेवाला भी) नहीं है। दोनों ओष्ठोंके भीतर स्थित दन्तनामक स्थानसे भी इसका उच्चारण नहीं हो सकता। यह वह अक्षर है, जो कभी क्षरित (च्युत) नहीं होता अर्थात् यह नादके अव्यक्त-रूपसे नित्य प्रकृतिमें विद्यमान रहता है। कहनेका तात्पर्य यह है कि प्रणवका प्राणायामके रूपमें तो उपर्युक्त प्रकारसे समयादि-संयमसे अभ्यास करना चाहिये और निरन्तर नादके रूपमें मनको उसमें लगाये रहना चाहिये ॥ २४ ॥

* एक समय इस प्रकारके प्रणवगर्भ प्राणायामकी अस्सी आवृत्तियोंको 'स्थूल मात्रा' कहते हैं। एक बार वायु रोककर अस्सी बार प्रणवके जप करनेको 'अतिस्थूलमात्रा' प्राणायाम कहते हैं और ऐसे प्राणायामकी अस्सी बार आवृत्ति 'स्थूलातिस्थूलमात्रा' प्राणायाम है। इससे अधिक प्राण रोकना या अधिक आवृत्ति करना हानिकर है। प्राणायाम प्रातः, मध्याह्न, सायं एवं अर्धरात्रिमें—इस प्रकार चार बार नित्य करना चाहिये।

योगी जिससे मार्ग देखता है, अर्थात् मनके द्वारा जिस-जिस स्थानको उसमें प्रवेश करके गमन करनेयोग्य मानता है, प्राण उसी मार्ग (द्वार) से मनके साथ गमन करता है। अतएव प्राण श्रेष्ठ मार्गसे जाय, इसके लिये नित्य अभ्यास करना चाहिये। हृदयद्वार ही वायुके प्रवेशका द्वार है। इसी हृदय-द्वारसे प्राण सुषुम्णामार्गमें प्रवेश करता है। इससे ऊपर ऊर्ध्व-गमनका मार्ग है। सबसे ऊपर इस सुषुम्णामार्गमें मोक्षका द्वार (जिस मार्गसे प्राणोत्सर्ग होनेपर योगी मोक्ष प्राप्त करता है) ब्रह्मरन्ध्र है। इसीको योगी सूर्यमण्डल जानते हैं। (इसी सूर्यमण्डल या ब्रह्मरन्ध्रको बेधकर प्राण छोड़नेसे मुक्ति होती है) ॥ २५-२६ ॥

भय, क्रोध, आलस्य, अत्यन्त निद्रा, अधिक जागना, बहुत भोजन करना और सर्वथा निराहार रहना—इनको योगी सर्वदा छोड़ दे। इस विधिसे भली प्रकार जो क्रमशः (उत्तरोत्तर बढ़ाता हुआ) नित्य अभ्यास करता है, उसे तीन महीनोंमें स्वयं ही ज्ञान प्राप्त हो जाता है—इसमें सन्देह नहीं। चार महीनोंमें वह देवताओंको देखने लगता है, पाँच महीनोंमें देवताओंके समान शक्तिशाली हो जाता है और निःसन्देह छः महीनोंमें यदि उसकी इच्छा हो तो वह कैवल्य (जीवन्मुक्तावस्था) को प्राप्त कर लेता है॥२७–२९॥

पृथिवीतत्त्वकी धारणाके समय प्रणवकी पाँच मात्राओंका, जल-तत्त्वकी धारणाके समय चार मात्राओंका, अग्नितत्त्वकी धारणाके समय तीन मात्राओंका, वायुतत्त्वकी धारणाके समय दो मात्राओं-का, आकाशतत्त्वकी धारणाके समय एक मात्राका और स्वयं प्रणव-के रूपमें उसके अर्धमात्रास्वरूपका चिन्तन करे। अपने शरीरमें ही मनके द्वारा (पैरसे मस्तकतक क्रमशः पृथिवी आदिकी) धारणा करके पञ्चभूतोंकी सिद्धि करके उनका चिन्तन करे। इस प्रकार प्रणव-धारणाद्वारा पञ्चभूतोंपर अधिकार प्राप्त होता है ॥ ३०-३१ ॥

तीस अंगुल लंबा प्राण (श्वास) जिसमें प्रतिष्ठित है, वही इस प्राणवायुका अधिष्ठान (आश्रय) वास्तविक प्राण है। यही 'प्राण' नामसे विख्यात है। जो बाह्य प्राण है, वह तो इन्द्रियगोचर है; इस बाह्य प्राणमें एक लाख तेरह हजार छः सौ अस्सी निःश्वास (श्वास-प्रश्वास) एक दिन-रात्रिमें आते हैं ॥ ३२-३३ ॥

आदि प्राण हृदयस्थानमें, अपान गुदास्थानमें, समान नाभिदेशमें तथा उदान कण्ठमें निवास करता है। व्यान सम्पूर्ण अङ्गोंमें सर्वदा व्यापक होकर रहता है। अब क्रमशः प्राणादि पाँचों वायुओंका रंग वर्णन किया जाता है। प्राणवायु लाल रंगकी मणिके समान कहा जाता है। अपान-वायु गुदाके मध्यमें इन्द्रगोप (वीरबहूटी) नामक कीड़ेके समान लाल है। नाभिके मध्यभागमें समानवायु गायके दूधके समान अथवा स्फटिक मणिके समान उज्ज्वल है। उदानवायु धूसर (मटमैले) और व्यान-वायु अग्नि-शिखाके रंगका अर्थात् प्रकाशमय है ॥ ३४–३७ ॥

जिसका प्राण इस मण्डल (पञ्चतत्त्वात्मक शरीर-स्थान, वायु-स्थान एवं हृदयादि द्वारों) को बेधकर मस्तकमें चला जाता है, वह जहाँ-कहीं भी मरे, फिर जन्म नहीं लेता। वह फिर जन्म नहीं लेता ॥ ३८ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय अमृतनादोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

भीतर-बाहर नारायण ही व्याप्त हैं

यच्च किञ्चिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा ।
अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः ॥ (नारायणोप०)

जो कुछ जगत् देखने या सुननेमें आता है, उस सबको बाहर और भीतरसे व्याप्त करके नारायण स्थित हैं ।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

ऋग्वेदीय

मुद्गलोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः । अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

पुरुषसूक्तका संक्षिप्त विषय-निरूपण

'पुरुषसूक्त'के द्वारा प्रतिपादित अर्थ-निर्णयकी व्याख्या करता हूँ—इसे भगवान् वासुदेवने इन्द्रसे कहा और आगे विवेचन किया। पुरुषसंहितामें पुरुषसूक्तका अर्थ संक्षिप्त रीतिसे इस प्रकार बताया जाता है—

पुरुषसूक्तके **'सहस्रशीर्षा०'** इस मन्त्रमें **'सहस्र'** शब्द अनन्तका वाचक है। इसी प्रकार **'दशाङ्गुलम्'** यह पद भी अनन्त योजनोंका सूचक है। इस पुरुषसूक्तका उक्त **'सहस्रशीर्षा०'** मन्त्र भगवान् विष्णुके देशगत विभुत्वका वर्णन करता है, अर्थात् यह बतलाता है कि भगवान् सम्पूर्ण देशोंमें व्याप्त हैं। दूसरा मन्त्र इन्हीं भगवान् विष्णुकी कालतः व्याप्ति बतलाता है, अर्थात् यह सूचित करता है कि भगवान् विष्णु सर्वकालव्यापी हैं—सब समय रहते हैं। तीसरा मन्त्र भगवान् विष्णुके मोक्षप्रदत्वको अर्थात् भगवान् श्रीहरि मोक्षदाता हैं—यह बतलाता है। **'एतावानेव०'** इस तीसरे मन्त्रसे श्रीहरिके वभवका वर्णन किया गया है ॥ १—३ ॥

इन तीन मन्त्रोंके समुदायद्वारा ही चतुर्व्यूहात्मक भगवत्स्वरूपका वर्णन भी है। **'त्रिपाद्'** प्रभृति मन्त्रके द्वारा चतुर्व्यूहके अनिरुद्ध-स्वरूपका वैभव वर्णित है। **'तस्माद्विराळ्०'** इस मन्त्रद्वारा पादविभूतिरूप नारायणसे श्रीहरिकी स्वरूपभूता प्रकृति (माया) तथा पुरुष (जीव) की उत्पत्ति प्रदर्शित की गयी है। **'यत्पुरुषेण'** इत्यादि मन्त्रद्वारा सृष्टिस्वरूप यज्ञ कहा गया है और **'सप्तास्यासन् परिधयः०'** मन्त्रमें उस सृष्टियज्ञके लिये समिधाका वर्णन हुआ है। यही सृष्टियज्ञ **'तं यज्ञमिति'** मन्त्रके द्वारा बताया गया है और इस मन्त्रके द्वारा मोक्षका वर्णन भी हुआ है। **'तस्मादिति'** इत्यादि सात मन्त्रोंमें जगत्की सृष्टि कही गयी है। **'वेदाहम्'** इत्यादि दो मन्त्रोंमें श्रीहरिके वैभवका वर्णन किया गया है। और **'यज्ञेन०'** इस मन्त्रके द्वारा सृष्टि एवं मोक्षके वर्णनका उपसंहार किया गया है। जो इस प्रकार इस पुरुषसूक्तको जानता है, वह निश्चय ही मुक्त हो जाता है ॥ ४-९ ॥

द्वितीय खण्ड

महापुरुषका रूप-धारण

इस प्रकार प्रथम खण्डके द्वारा मुद्गलोपनिषद्में पुरुषसूक्तका जो वैभव प्रतिपादित हुआ है, उसी भगवदीय ज्ञानका भगवान् वासुदेवने इन्द्रको उपदेश देकर, फिर सूक्ष्मतत्त्व सुननेके लिये नम्र होकर शरणमें आये हुए उन्हीं इन्द्रके लिये उस परम रहस्यस्वरूप ज्ञानका पुरुषसूक्तमय दो खण्डोंके द्वारा उपदेश किया है ॥ १ ॥

इस पुरुषसूक्तके दो खण्ड कहे जाते हैं। पुरुषसूक्तमें जिस पुरुषका वर्णन है, वह नाम-रूप तथा ज्ञानका

अविषय होनेके कारण (अपने ब्रह्मस्वरूपसे) सांसारिक प्राणियोंके लिये दुर्ज्ञेय है। अतः संसारी जीवोंके लिये अपने इस दुर्ज्ञेयविषयत्व (स्वरूप) को छोड़कर क्लेशादिसे युक्त देवादि (सत्त्वगुणविशिष्ट जीवों) के उद्धारकी इच्छासे उन्होंने सहस्र (अनन्त) कलाओंवाले अवयवोंसे युक्त ऐसे कल्याण-स्वरूप वेषको धारण किया, जो दर्शनमात्रसे मोक्ष देनेवाला है। उसी वेष (रूप) से भूमि आदि लोकोंमें व्याप्त होकर वे अनन्त योजनोंतक स्थित हुए। सृष्टिके पूर्व पुरुषस्वरूप नारायण ही भूत, वर्तमान एवं भविष्य—तीनों कालोंके रूपमें अवस्थित थे। वे ही इन सब (जीवों) को मोक्ष देनेवाले हैं। वे सम्पूर्ण महत्त्वशालियोंसे श्रेष्ठ हैं। उनसे अधिक श्रेष्ठ और कोई भी नहीं है ॥ २-३ ॥

उक्त महापुरुष (परमात्मा) ने अपनेको चार अंशों (चतुर्व्यूहों) में प्रकट किया। उनमेंसे तीन अंशों (त्रिपाद्विभूति अथवा वासुदेव, प्रद्युम्न और सङ्कर्षणरूप) से वे परमव्योम (अपने परमधाम वैकुण्ठ) में निवास करते हैं तथा इनसे भिन्न अवशिष्ट चतुर्थ अंश—चतुर्थ व्यूहरूप अनिरुद्ध नामक प्रसिद्ध नारायणके द्वारा सम्पूर्ण विश्वकी रचना (अभिव्यक्ति) हुई ॥४॥

उस अनिरुद्धरूप चतुर्थपादात्मक नारायणने जगत्‌की सृष्टिके लिये प्रकृति (ब्रह्मा) को उत्पन्न किया। वे ब्रह्माजी शरीर प्राप्त करके भी सृष्टिकर्मको न जान सके। तब उन अनिरुद्धस्वरूप नारायणने ब्रह्माजीको सृष्टिका उपदेश किया। भगवान् नारायणने कहा—'ब्रह्माजी! तुम अपनी इन्द्रियोंका यज्ञकर्ताओंके रूपमें ध्यान करो, कमलकोशसे उत्पन्न सुदृढ़ ग्रन्थिरूप (बलवान्) अपने शरीरको हवि समझो, मुझे अग्नि मानो, वसन्तकालमें घृतकी धारणा करो, ग्रीष्म ऋतुमें समिधाका भाव करो, शरद् ऋतुको रसरूप समझो। इस प्रकार अग्निमें हवन करनेपर तुम्हारा शरीर इतना सुदृढ़ हो जायगा कि उसके स्पर्शसे वज्र भी कुण्ठित हो जायगा। तब अपने कार्यरूप (कारणरूपमें विलीन होनेकी अवस्थासे कार्यरूपमें) सब प्राणी—पशु प्रभृति जीव प्रादुर्भूत होंगे। फिर सम्पूर्ण स्थावर-जङ्गम जगत् हो जायगा। इस प्रकार जीव एवं आत्माके योगद्वारा मोक्षका प्रकार भी वर्णन किया गया, यह समझना चाहिये। जो इस सृष्टि-यज्ञ तथा मोक्षप्रकारको भी जानता है, वह पूर्णायुको प्राप्त होता है ॥ ५-७ ॥

तृतीय खण्ड

उपासकोंद्वारा अनेक रूपमें देखे गये महापुरुषमें आत्मत्वकी भावनासे उनके स्वरूपकी प्राप्ति

एक ही देव बहुत प्रकारसे प्रविष्ट होकर स्वयं अजन्मा रहते हुए भी बहुत प्रकारसे प्रकट होता है। (तात्पर्य यह कि वही एक देव नानात्वमें व्याप्त है। वह स्वयं अजन्मा है, किंतु नानात्वकी सृष्टि भी उसीके द्वारा होती है। नानात्वके रूपमें भी वही है) ॥ १ ॥

अध्वर्युगण उसीकी उपासना इस अग्निके रूपमें करते हैं। यजुर्वेदीय उसीको 'यह यजुः है' इस बुद्धिसे सर्वयज्ञिय कर्मोंमें योजित करते हैं। सामगान करनेवाले उसे 'साम' समझते हैं। इसी नारायणरूपमें निश्चय यह सब (दृश्य-जगत्) प्रतिष्ठित है। (तात्पर्य यह कि वही परमतत्त्व यज्ञमें अग्नि, मन्त्र तथा साम है। इससे भी आगे वह समस्त जगत्‌का आधार है।) सर्प उसे विष मानकर अपनाते हैं। सर्पवेत्ता (योगी) इसे सर्प—प्राणरूपसे ग्रहण करते हैं। देवता इसे अमृतरूपमें अपनाते हैं और मनुष्य इसे धन मानकर जीवन-निर्वाह करते हैं। असुर माया समझते हैं, पितर स्वधा (पितृभोजन) मानते हैं, देवजनवेत्ता (देवोपासक) देवता मानते हैं, गन्धर्व रूप समझते हैं और अप्सराएँ गन्धर्व समझती हैं। इसकी जो जिस भावसे उपासना करता है, यह परमतत्त्व उसके लिये उसी रूपका हो जाता है। इसलिये ब्रह्मज्ञानीको 'पुरुषरूप परमब्रह्म मैं ही हूँ' यह भावना करनी चाहिये। ऐसी भावनासे वह उसी स्वरूपको प्राप्त हो जाता है और जो इस रहस्यको इस प्रकार जानता है, वह भी तद्रूप हो जाता है ॥ २-३ ॥

चतुर्थ खण्ड

ब्रह्मका स्वरूप तथा उपनिषद्‌के अध्ययनका माहात्म्य; सूक्तके अनधिकारी तथा उसके उपदेशकी विधि

वह ब्रह्म तीनों तापोंसे रहित, छः कोशोंसे शून्य, षड्-ऊर्मियोंसे वर्जित, पञ्चकोशोंसे अतीत, षड्भावविकारोंसे रहित—इस प्रकार सबसे विलक्षण है। आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक—ये 'तीन ताप' हैं जो कर्ता-कर्म-कार्य, ज्ञाता-ज्ञान-ज्ञेय और भोक्ता-भोग-भोग्य—इस प्रकार एक-एक त्रिविध हैं। चर्म, मांस, रक्त, अस्थि, नसें और मज्जा—ये 'छः कोश (धातु)' हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य—ये 'छः शत्रुवर्ग' हैं। 'पञ्च कोश' हैं—अन्नमय,

प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय। प्रिय होना, उत्पन्न होना, बढ़ना, बदलना, घटना और नाश होना—ये 'छः भावविकार' हैं। भूख, प्यास, शोक, मोह, वृद्धावस्था और मृत्यु—ये 'छः ऊर्मियाँ' हैं। कुल, गोत्र, जाति, वर्ण, आश्रम और रूप—ये 'छः भ्रम' होते हैं। इन सबके योगसे परम पुरुष ही जीव होता है, दूसरा नहीं ॥ १–९ ॥

जो इस उपनिषद्का नित्य अध्ययन करता है, वह अग्नि-पूत होता है। वह वायुपूत होता है। वह आदित्यपूत होता है। वह रोगहीन हो जाता है। श्रीसम्पन्न हो जाता है। पुत्र-पौत्रादिकी समृद्धिसे युक्त हो जाता है। विद्वान् हो जाता है। महापापोंसे पवित्र हो जाता है। ×××काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्यादिसे बाधित नहीं होता। सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त हो जाता है। इसी जन्ममें वह पुरुष (परमात्मरूप) हो जाता है ॥ १० ॥

इसलिये इस पुरुषसूक्तका अर्थ अत्यन्त रहस्ययुक्त है। यह राजगुह्य, देवगुह्य एवं गोपनीयोंसे भी अधिक गोपनीय है। जो दीक्षित न हो, उसे इसका उपदेश न करे; जो विद्वान् होनेपर भी जिज्ञासुभावसे प्रश्न न करता हो, उसे भी इसका उपदेश न करे। जो यज्ञ न करता हो, उसे भी उपदेश न करे; अवैष्णवको न करे, अयोगीको न करे; बहुभाषीको न करे, अप्रियभाषीको न करे; जो वर्षभरमें एक बार वेदोंका स्वाध्याय न कर ले, उसे भी न करे; असंतोषीको न करे और जिसने वेदोंका अध्ययन न किया हो, उसे भी इसका उपदेश न करे।

इसको इस प्रकार जाननेवाला विद्वान् गुरु भी पवित्र देशमें, पुण्य नक्षत्रमें, प्राणायाम करके, परमपुरुषका ध्यान करता हुआ, विनीतभावसे शरणमें आये हुए शिष्यको ही उसके दाहिने कानमें इस पुरुषसूक्तके अर्थका उपदेश करे। बहुत न बोले। नहीं तो, वह उपदेश यातयामत्वरूप दोषसे दूषित हो जाता है (उसका सार चला जाता है, अतः वह उपदेश सफल नहीं हो पाता)। बार-बार कानमें उपदेश दे। ऐसा करनेवाला अध्येता (शिष्य) और अध्यापक (गुरु) दोनों इसी जन्ममें पुरुष—ब्रह्मरूप हो जाते हैं ॥ ११ ॥

॥ ऋग्वेदीय मुद्गलोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीः। अनेनाधीतेनाहोरात्रान् संदधाम्यृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

नारायणपरो ज्योतिरात्मा नारायणः परः।
नारायणपरं ब्रह्म तत्त्वं नारायणः परः।
नारायणपरो ध्याता ध्यानं नारायणः परः॥

(नारायणोप०)

नारायण परमज्योति हैं, नारायण परमात्मा हैं, नारायण परमब्रह्म हैं, नारायण परमतत्त्व हैं, नारायण परम ध्याता हैं और नारायण ही परम ध्यान हैं।

(मुद्गलोपनिषद्में वर्णित पुरुषसूक्त)

अथ पुरुषसूक्तप्रारम्भः

ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्॥ १ ॥*

उन परमपुरुषके सहस्रों (अनन्त) मस्तक, सहस्रों नेत्र और सहस्रों चरण हैं। वे इस सम्पूर्ण विश्वकी समस्त भूमि (पूरे स्थान) को सब ओरसे व्याप्त करके इससे दस अङ्गुल (अनन्त योजन) ऊपर स्थित हैं। अर्थात् वे ब्रह्माण्डमें व्यापक होते हुए उससे परे भी हैं। [यह मन्त्र भगवान् विष्णुके देशगत विभुत्वका प्रतिपादक है।] ॥ १ ॥

ॐ पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति ॥ २ ॥

यह जो इस समय वर्तमान (जगत्) है, जो बीत गया और जो आगे होनेवाला है, यह सब वे परमपुरुष ही हैं। इसके अतिरिक्त वे अमृतत्व (मोक्षपद) के तथा जो अन्नसे (भोजनद्वारा) जीवित रहते हैं, उन सबके भी ईश्वर (अधीश्वर—शासक) हैं। [यह मन्त्र भगवान्के सर्वकालव्यापी रूपका वर्णन करता है।] ॥ २ ॥

ॐ एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पूरुषः।
पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि ॥ ३ ॥

यह भूत, भविष्य, वर्तमानसे सम्बद्ध समस्त जगत् इन परम पुरुषका वैभव है। वे अपने इस विभूति-विस्तारसे महान् हैं। उन परमेश्वरकी एकपाद विभूति (चतुर्थांश) में ही यह पञ्चभूतात्मक विश्व है। उनकी शेष त्रिपाद्विभूतिमें शाश्वत दिव्यलोक (वैकुण्ठ, गोलोक, साकेत, शिवलोक आदि) हैं। [यह मन्त्र भगवान्के वैभवका वर्णन करता है और नित्य लोकोंके वर्णनद्वारा उनके मोक्षपदत्वको भी बतलाता है।] ॥३॥

ॐ त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादोऽस्येहाभवत्पुनः।
ततो विष्वङ् व्यक्रामत् साशनानशने अभि ॥ ४ ॥

वे परमपुरुष स्वरूपतः इस मायिक जगत्से परे त्रिपाद्-विभूतिमें प्रकाशमान हैं। (वहाँ मायाका प्रवेश न होनेसे उनका स्वरूप नित्य प्रकाशमान है।) इस विश्वके रूपमें उनका एक पाद ही प्रकट हुआ है। अर्थात् एक पादसे वे ही विश्वरूप भी हैं। इसलिये वे ही सम्पूर्ण जड एवं चेतनमय उभयात्मक जगत्को परिव्याप्त किये हुए हैं। [इस मन्त्रमें भगवान्के चतुर्व्यूहरूपमेंसे चतुर्थ अनिरुद्धरूपका वर्णन हुआ है। यही रूप एकपाद ब्रह्माण्डवैभवका अधिष्ठान है।] ॥ ४ ॥

ॐ तस्माद् विराळजायत विराजो अधि पूरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद् भूमिमथो पुरः ॥ ५ ॥

उन्हीं आदिपुरुषसे विराट् (ब्रह्माण्ड) उत्पन्न हुआ। वे परमपुरुष ही विराट्के अधिपुरुष—अधिदेवता (हिरण्यगर्भ) हुए। वह (हिरण्यगर्भ) उत्पन्न होकर अत्यन्त प्रकाशित हुआ। पीछे उसीने भूमि (लोकादि) तथा शरीर (देव, मानव, तिर्यक् आदि) उत्पन्न किये। [इस मन्त्रमें श्री-नारायणसे माया एवं जीवोंकी उत्पत्तिका वर्णन है।] ॥ ५ ॥

ॐ यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः ॥ ६ ॥

देवताओंने उस पुरुषके शरीरमें ही हविष्यकी भावना करके यज्ञ सम्पन्न किया। इस यज्ञमें वसन्त ऋतु घृत, ग्रीष्म

---

* उपनिषद्के अनुसार पुरुषसूक्तके प्रारम्भिक चार मन्त्रोंमें वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध—इन चतुर्व्यूहात्मक भगवत्-स्वरूपोंका वर्णन भी होता है। प्रथम मन्त्रमें भगवान्के वासुदेव-स्वरूपका वर्णन है। मन्त्रके अनुसार वे अनन्त हैं, सबको व्याप्त करके भी सबसे परे हैं। उन्हींका दिव्य प्रकाश समस्त अन्तःकरणोंमें है और फिर भी वे अन्तःकरणोंके धर्मोंसे निर्लिप्त, सबसे परे हैं। यही उनका चेतनात्मक वासुदेवरूप है।

दूसरे मन्त्रमें उनके संकर्षण-स्वरूपका वर्णन है। संकर्षणस्वरूप दिव्य प्राणात्मक है। समस्त जगत् त्रिकालमें इसी रूपसे व्यक्त होता है और भगवान्का यही रूप उसका शासक एवं स्वामी है। यही भगवान्का ईश्वरस्वरूप है।

तीसरे मन्त्रमें भगवान्के प्रद्युम्न-स्वरूपका वैभव है। भगवान्का यह स्वरूप सौन्दर्य-घन, दिव्य कामात्मक एवं ध्यानगम्य है। त्रिपाद्विभूतिमें नित्यलोकोंमें भगवान् इसी स्वरूपसे विराजमान हैं। श्रुतिके इस तात्पर्यको उपनिषद्ने स्पष्ट किया है।

चतुर्थ मन्त्रमें भगवान्का अनिरुद्ध—दुर्निवार स्वरूप है। भगवान्का यह स्वरूप योगमायासमन्वित है। वही जगद्रूप एवं जगत्का कारण है। यही रूप भगवान्की चतुर्थ पादविभूतिका है।

ऋतु इन्धन और शरद् ऋतु हविष्य (चरु-पुरोडाशादि विशेष हविष्य) हुए । अर्थात् देवताओंने इनमें यह भावना की । [इस मन्त्रमें सृष्टिरूप यज्ञका वर्णन है और आगे आठ मन्त्रोंतक वही है ।] ॥ ६ ॥

ॐ तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः ।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये ॥ ७ ॥*

सबसे प्रथम उत्पन्न उस पुरुषको ही यज्ञमें देवताओं, साध्यों और ऋषियोंने (पशु मानकर) कुशके द्वारा प्रोक्षण करके (मानसिक) यज्ञ सम्पूर्ण किया । [इस मन्त्रमें सृष्टि-यज्ञके साथ मोक्षका वर्णन भी किया गया है ।] ॥ ७ ॥

ॐ तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम् ।
पशून् ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान् ग्राम्याश्च ये ॥ ८ ॥

उस ऐसे यज्ञसे जिसमें सब कुछ हवन कर दिया गया था, प्रशस्त घृतादि (दूध, दधि प्रभृति) उत्पन्न हुए । इस उस यज्ञरूप पुरुषने ही वायुमें रहनेवाले, ग्राममें रहनेवाले, वनमें रहनेवाले तथा दूसरे पशुओंको उत्पन्न किया । (तात्पर्य यह कि उस यज्ञसे नभ, भूमि एवं जलमें रहनेवाले समस्त प्राणियोंकी उत्पत्ति हुई और उन प्राणियोंसे देवताओंके योग्य हवनीय प्राप्त हुआ ।) ॥ ८ ॥

ॐ तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत ॥ ९ ॥

जिसमें सब कुछ हवन किया गया था, उस यज्ञपुरुषसे ऋग्वेद और सामवेद प्रकट हुए । उसीसे गायत्री आदि छन्द प्रकट हुए । उसीसे यजुर्वेदकी भी उत्पत्ति हुई ॥ ९ ॥

ॐ तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः ।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः ॥ १० ॥

उस यज्ञपुरुषसे घोड़े उत्पन्न हुए । इनके अतिरिक्त नीचे-ऊपर दोनों ओर दाँतोंवाले (गर्दभादि) भी उत्पन्न हुए । उसीसे गौएँ उत्पन्न हुईं और उसीसे बकरियाँ और भेड़ें भी उत्पन्न हुईं ॥ १० ॥

ॐ यत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन् ।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते ॥ ११ ॥

देवताओंने जिस यज्ञपुरुषका विधान (संकल्प) किया, उसको कितने प्रकारसे (किन अवयवोंके रूपमें) कल्पित किया, इसका मुख क्या था, बाहुएँ क्या थीं, जंघाएँ क्या थीं और पैर कौन थे—यह बताया जाता है ॥ ११ ॥

ॐ ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः ।
ऊरू तदस्य यद् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥ १२ ॥

ब्राह्मण इसका मुख था । (मुखसे ब्राह्मण उत्पन्न हुए ।) क्षत्रिय दोनों भुजाएँ बना । (दोनों भुजाओंसे क्षत्रिय उत्पन्न हुए ।) इस पुरुषकी जो दोनों जङ्घाएँ थीं, वही वैश्य हुई अर्थात् उनसे वैश्य उत्पन्न हुए, और पैरोंसे शूद्र-वर्ण प्रकट हुआ ॥ १२ ॥

ॐ चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत ।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद् वायुरजायत ॥ १३ ॥

इस यज्ञपुरुषके मनसे चन्द्रमा उत्पन्न हुए । नेत्रोंसे सूर्य प्रकट हुए । मुखसे इन्द्र और अग्नि तथा प्राणसे वायुकी उत्पत्ति हुई ॥ १३ ॥

ॐ नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत ।
पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ अकल्पयन् ॥ १४ ॥

यज्ञपुरुषकी नाभिसे अन्तरिक्षलोक उत्पन्न हुआ । मस्तकसे स्वर्ग प्रकट हुआ । पैरोंसे पृथिवी, कानोंसे दिशाएँ हुईं । इस प्रकार समस्त लोक उस पुरुषमें ही कल्पित हुए ॥ १४ ॥

ॐ सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः ।
देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरुषं पशुम् ॥ १५ ॥

देवताओंने जब यज्ञ करते समय (संकल्पसे) पुरुषरूप पशुका बन्धन किया, तब सात समुद्र इसकी परिधि (मेखलाएँ) थे । इक्कीस प्रकारके छन्दोंकी (गायत्री, अतिजगती और कृतिमेंसे प्रत्येकके सात-सात प्रकारसे) समिधा बनी ॥ १५ ॥ [इस मन्त्रमें सृष्टि-यज्ञकी समिधाका वर्णन है ।]

---

* उपनिषद्के अनुसार श्रुतिने मोक्षका प्रतिपादन भी किया है । 'परोक्षवादो वेदोऽयम्'—श्रुतियोंमें अध्यात्मवाद परोक्षरूपसे निरूपित है । अतः मोक्षप्रतिपादनके लिये इस श्रुतिका अर्थ इस प्रकार होगा—

उस आत्म-शोधनरूप यज्ञमें देवताओं—दिव्यवृत्तियोंने पुरुष-शरीराभिमानीको, जो शरीरमें अहङ्कार करके पशु हो गया था, कुशोंके—साधनोंके द्वारा प्रोक्षित—विशुद्ध किया । इस प्रकार प्रोक्षित होनेपर वह अग्रजन्मा ब्राह्मण—ब्रह्मज्ञानसम्पन्न हुआ । इसी प्रकार इन्द्रादि देवताओंने, साध्य देवताओंने और ऋषियोंने भी यजन किया । सबने इसी रीतिसे शरीराभिमानीका आत्मशोधन करके मोक्ष प्राप्त किया ।

ॐ वेदाहमेतं पुरुषं महान्त-
मादित्यवर्णं तमसस्तु पारे।
सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरो
नामानि कृत्वाभिवदन् यदास्ते* ॥ १६ ॥

तमस् (अविद्यारूप अन्धकार) से परे आदित्यके समान प्रकाशस्वरूप उस महान् पुरुषको मैं जानता हूँ। सबकी बुद्धिमें रमण करनेवाला वह परमेश्वर सृष्टिके आरम्भमें समस्त रूपोंकी रचना करके उनके नाम रखता है; और उन्हीं नामोंसे व्यवहार करता हुआ सर्वत्र विराजमान होता है ॥ १६ ॥ [इस मन्त्रमें और इसके आगेके मन्त्रमें भी श्रीहरिके वैभवका वर्णन है।]

ॐ धाता पुरस्ताद्यमुदाजहार
शक्रः प्रविद्वान् प्रदिशश्चतस्रः।
तमेवं विद्वानमृत इह भवति
नान्यः पन्था विद्यते अयनाय† ॥ १७ ॥

पूर्वकालमें ब्रह्माजीने जिनकी स्तुति की थी, इन्द्रने चारों दिशाओंमें जिसे (व्याप्त) जाना था, उस परम पुरुषको जो इस प्रकार (सर्वस्वरूप) जानता है, वह यहीं अमृतपद (मोक्ष) प्राप्त कर लेता है। इसके अतिरिक्त और कोई मार्ग निज-निवास (स्वस्वरूप या भगवद्धाम)-की प्राप्तिका नहीं है ॥ १७ ॥

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा-
स्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
ते ह नाकं महिमानः सचन्त
यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः‡ ॥ १८ ॥

देवताओंने (पूर्वोक्त रूपसे) यज्ञके द्वारा यज्ञस्वरूप परम-पुरुषका यजन (आराधन) किया। इस यज्ञसे सर्वप्रथम सब धर्म उत्पन्न हुए। उन धर्मोंके आचरणसे वे देवता महान् महिमावाले होकर उस स्वर्गलोकका सेवन करते हैं, जहाँ प्राचीन साध्य देवता निवास करते हैं ॥ १८ ॥ [इस मन्त्रमें सृष्टियज्ञ एवं मोक्षके वर्णनका उपसंहार है।]

॥ पुरुषसूक्त सम्पूर्ण ॥

विषय-त्याग

तरङ्गस्थं द्रवं सिन्धुर्न वाञ्छति यथा तथा। विषयानन्दवाञ्छा मे मा भूदानन्दरूपतः ॥
दारिद्र्याशा यथा नास्ति सम्पन्नस्य तथा मम। ब्रह्मानन्दे निमग्नस्य विषयाशा न तद्भवेत् ॥
विषं दृष्ट्वामृतं दृष्ट्वा विषं त्यजति बुद्धिमान्। आत्मानमपि दृष्ट्वाहमनात्मानं त्यजाम्यहम् ॥
(आत्मप्रबोध० १५—१७)

जैसे समुद्र तरङ्गोंमें स्थित जलकी इच्छा नहीं करता, वैसे ही आनन्दस्वरूप हो जानेके कारण मुझको विषयोंके आनन्दकी इच्छा नहीं है। जैसे सम्पत्तिमान् पुरुषको दरिद्रताकी आशा नहीं होती, वैसे ही ब्रह्मानन्दमें निमग्न मुझको विषयोंकी आशा नहीं है। जैसे बुद्धिमान् पुरुष विष तथा अमृतको देखकर विषका त्याग करता है, वैसे ही परमात्माको देखकर मैं अनात्मा (विषयों) का त्याग करता हूँ।

---

*† ये दोनों मन्त्र ऋग्वेदकी प्रचलित प्रतियोंके पुरुषसूक्तमें नहीं मिलते, परन्तु पुरुषसूक्तके पृथक् प्रकाशित कई संस्करणोंमें मिलते हैं। मूल उपनिषद्में भी इनका संकेत है। ये मन्त्र 'पारमात्मिकोपनिषद्,' 'महावाक्योपनिषद्' तथा 'चित्युपनिषद्' में आये हैं। १७ वाँ मन्त्र 'तैत्तिरीय आरण्यक' में भी है।

‡ उपनिषद् इस मन्त्रमें मोक्ष-निरूपणका उपसंहार भी निरूपित—निर्दिष्ट करता है। अतः मोक्ष-निरूपणके लिये श्रुतिका अर्थ इस प्रकार होना चाहिये।

सम्पूर्ण कर्म, जो भगवदर्पण-बुद्धिसे भगवान्के लिये किये जाते हैं, यज्ञ हैं। उस कर्मरूप यज्ञके द्वारा सात्त्विक वृत्तियोंने उन यज्ञस्वरूप भगवान्का यजन—पूजन किया। इसी भगवदर्पणबुद्धिसे किये गये यज्ञरूप कर्मोंके द्वारा ही सर्वप्रथम धर्म उत्पन्न हुए—धर्माचरणकी उत्पत्ति भगवदर्पणबुद्धिसे किये गये कर्मोंसे हुई। इस प्रकार भगवदर्पणबुद्धिसे अपने समस्त कर्मोंके द्वारा जो भगवान्का यजन-रूप कर्मका आचरण करते हैं, वे उस भगवान्के दिव्यधामको जाते हैं, जहाँ उनके साध्य—आराध्य आदिदेव भगवान् विराजमान हैं।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

सामवेदीय

सावित्र्युपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

सविता एवं सावित्रीकी सर्वव्यापकता; सावित्रीके चार पाद; सावित्रीको जाननेका फल; बला-अतिबला विद्याओंकी उपासना

हरिः ॐ ॥ सविता कौन हैं और सावित्री कौन हैं ? अग्निदेव ही सविता हैं, पृथिवी सावित्री हैं । वे अग्निदेव जहाँ हैं, वहाँ पृथिवी है । जहाँ पृथिवी है, वहाँ अग्निदेव हैं । वे दोनों योनि अर्थात् विश्वके उत्पादक हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता देव कौन हैं और सावित्री देवी कौन हैं ? वरुण ही सविता हैं और आप (जल) सावित्री हैं । जहाँ वरुण हैं, वहाँ आप हैं; और जहाँ आप (जल) हैं, वहाँ वरुण हैं । वे दोनों योनि अर्थात् विश्वके जन्मदाता हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता कौन हैं और सावित्री कौन हैं ? वायुदेव सविता हैं, आकाश सावित्री हैं । जहाँ वायु है, वहाँ आकाश है; जहाँ आकाश है, वहाँ वायु है । वे दोनों योनि हैं, वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता कौन हैं और सावित्री कौन हैं ? यज्ञ सविता हैं और छन्द सावित्री हैं । जहाँ यज्ञ है, वहाँ छन्द हैं; जहाँ छन्द हैं, वहाँ यज्ञ है । वे दोनों योनि हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता क्या हैं और सावित्री क्या हैं ? गरजनेवाले मेघ सविता हैं और विद्युत् सावित्री हैं । जहाँ गरजनेवाले मेघ हैं, वहाँ विद्युत् है; जहाँ विद्युत् है, वहाँ गरजनेवाले मेघ हैं । वे दोनों योनि हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता क्या हैं और सावित्री क्या हैं ? आदित्य सविता हैं और द्युलोक सावित्री हैं । जहाँ आदित्य हैं, वहाँ द्युलोक है; जहाँ द्युलोक है, वहाँ आदित्य हैं । वे दोनों योनि हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता क्या हैं और सावित्री क्या हैं ? चन्द्र ही सविता हैं और नक्षत्र सावित्री हैं । जहाँ चन्द्र हैं, वहाँ नक्षत्र हैं; जहाँ नक्षत्र हैं, वहाँ चन्द्र हैं । वे दोनों योनि हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता क्या हैं और सावित्री क्या हैं ? मन ही सविता है और वाणी सावित्री है । जहाँ मन है, वहाँ वाणी है; जहाँ वाणी है, वहाँ मन है । वे दोनों योनि हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं । सविता क्या हैं और सावित्री क्या हैं ? पुरुष सविता है, स्त्री सावित्री है । जहाँ पुरुष है, वहाँ स्त्री है; जहाँ स्त्री है, वहाँ पुरुष है । वे दोनों योनि हैं । वे दोनों एक जोड़ा हैं ॥ १–९ ॥

उस सावित्रीका प्रथम पाद है **'भूः*—तत्सवितुर्वरेण्यम् ।'** अग्नि ही वरेण्य है । आप (जल) वरेण्य है । चन्द्रमा वरेण्य है (वरेण्य अर्थात् वरणीय, पूज्यस्वरूप, प्रशंसनीय स्वरूप) । उस सावित्रीका द्वितीय पाद है तेजोमय आप अर्थात् जल **'भुवः—भर्गो देवस्य धीमहि ।'** अग्नि ही वह भर्ग अर्थात् तेज है, आदित्य ही भर्ग है । चन्द्रमा ही भर्ग है । उस

---

* सावित्री देवताका मन्त्र—ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ।

प्रथम पाद—भूः अर्थात् भूलोक उस सविता देवताका वरेण्य है । महिमा है ।

द्वितीय पाद—भुवः अर्थात् तेजोमय आप (अन्तरिक्ष लोक) उस सविता देवताके तेजका हम ध्यान करते हैं ।

तृतीय पाद—स्वः अर्थात् स्वर्लोक—जो हमारी बुद्धियोंको प्रेरित करे ।

सावित्रीका यह तीसरा पाद है 'स्वः—धियो यो नः प्रचोदयात्।' स्त्री और पुरुष दोनों प्रजोत्पादन करते हुए (गृहस्थाश्रम-का पालन करते हुए) जो इस सावित्रीदेवीको इस प्रकार जानते हैं, वे पुनः मृत्युको नहीं प्राप्त होते। अर्थात् सविता देवताके उपासक मृत्युको जीत लेते हैं और अमरत्वको प्राप्त करते हैं।

बला-अतिबला विद्याओंके विराट् पुरुष ऋषि हैं, गायत्री छन्द है और गायत्री देवता हैं। अकार बीज है, उकार शक्ति है और मकार कीलक है। क्षुधा आदिके निवारणके निमित्त इसका विनियोग है। क्लींके द्वारा षडङ्गन्यास करे। 'ॐ क्लीं हृदयाय नमः, ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा, ॐ क्लीं शिखायै वषट्, ॐ क्लीं कवचाय हुम्, ॐ क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ क्लीं अस्त्राय फट्।' अब ध्यानका वर्णन करते हैं। अमृतसे जिनके करतल आर्द्र हो रहे हैं, सब प्रकारकी सञ्जीवनी शक्तियोंसे जो सम्पन्न हैं, पापोंका नाश करनेमें जो दक्ष हैं तथा जो वेदोंके सारस्वरूप, किरणात्मक, प्रणवरूप विकारवाले एवं सूर्यनारायणके सदृश सुदीप्त शरीरवाले हैं, उन बला और अतिबला विद्याओंके अधिष्ठातृ-देवताओंको मैं निरन्तर अनुभव करता हूँ। बला-अतिबला विद्याओंके अधिष्ठातृ-देवताका मन्त्र है—

ॐ ह्रीं बले महादेवि ह्रीं महाबले क्लीं चतुर्विधपुरुषार्थ-सिद्धिप्रदे तत्सवितुर्वरदात्मिके ह्रीं वरेण्यं भर्गो देवस्य वरदात्मिके अतिबले सर्वदयामूर्ते बले सर्वक्षुद्रमोपनाशिनि धीमहि धियो यो नो जाते प्रचुर्यः या प्रचोदयादात्मिके प्रणवशिरस्कात्मिके हुं फट् स्वाहा।

इस प्रकार जाननेवाला कृतकृत्य हो जाता है। वह सावित्रीदेवीके ही लोकको प्राप्त होता है। यह उपनिषद् है।

॥ सामवेदीय सावित्र्युपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

ब्रह्मको ढूँढ़ना चाहिये

अथ यदिदमस्मिन् ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तरा-काशस्तस्मिन्यदन्तस्तदन्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यमिति।

(छान्दोग्य ८।१।१)

अब इस ब्रह्मपुर (शरीर) के भीतर जो सूक्ष्म कमलसदृश स्थान है, इसमें जो सूक्ष्म आकाश है और उसके भीतर जो (ब्रह्म) है, उसको ढूँढ़ना चाहिये और उसीकी विशेष जानकारी प्राप्त करनी चाहिये।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

सूर्योपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

आदित्यकी सर्वव्यापकता; सूर्यमन्त्रके जपका माहात्म्य

हरिः ॐ । अब सूर्यदेवतासम्बन्धी अथर्ववेदीय मन्त्रोंकी व्याख्या करेंगे । इस सूर्यदेवसम्बन्धी अथर्वाङ्गिरस-मन्त्रके ब्रह्मा ऋषि हैं । गायत्री छन्द है । आदित्य देवता हैं । 'हंसः' 'सोऽहं' अग्नि नारायणयुक्त बीज है । हृल्लेखा शक्ति है । वियत् आदि सृष्टिसे संयुक्त कीलक है । और चारों प्रकारके पुरुषार्थों-की सिद्धिमें इस मन्त्रका विनियोग किया जाता है । छः स्वरोंपर आरूढ बीजके साथ, छः अङ्गोंवाले, लालकमलपर स्थित, सात घोड़ोंवाले रथपर सवार, हिरण्यवर्ण, चतुर्भुज तथा चारों हाथोंमें क्रमशः दो कमल तथा वर और अभय मुद्रा धारण किये, कालचक्रके प्रणेता श्रीसूर्यनारायणको जो इस प्रकार जानता है, निश्चयपूर्वक वही ब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) है । 'जो प्रणवके अर्थभूत सच्चिदानन्दमय तथा भूः, भुवः और स्वःरूपसे त्रिभुवनमय हैं, सम्पूर्ण जगत्‌की सृष्टि करनेवाले उन भगवान् सूर्यदेवके सर्वश्रेष्ठ तेजका हम ध्यान करते हैं, जो हमारी बुद्धियोंको प्रेरणा देते रहते हैं ।' भगवान् सूर्यनारायण सम्पूर्ण जङ्गम तथा स्थावर जगत्‌के आत्मा हैं, निश्चयपूर्वक सूर्यनारायणसे ही ये भूत उत्पन्न होते हैं । सूर्यसे यज्ञ, मेघ, अन्न (बल-वीर्य) और आत्मा (चेतना)का आविर्भाव होता है । हे आदित्य ! तुम-को हमारा नमस्कार है । तुम्हीं प्रत्यक्ष कर्म-कर्ता हो, तुम्हीं प्रत्यक्ष ब्रह्म हो, तुम्हीं प्रत्यक्ष विष्णु हो, तुम्हीं प्रत्यक्ष रुद्र हो । तुम्हीं प्रत्यक्ष ऋग्वेद हो । तुम्हीं प्रत्यक्ष यजुर्वेद हो, तुम्हीं प्रत्यक्ष सामवेद हो । तुम्हीं प्रत्यक्ष अथर्ववेद हो । तुम्हीं समस्त छन्दःस्वरूप हो । आदित्यसे वायु उत्पन्न होता है । आदित्यसे भूमि उत्पन्न होती है, आदित्यसे जल उत्पन्न होता है । आदित्यसे ज्योति (अग्नि) उत्पन्न होती है । आदित्यसे आकाश और दिशाएँ उत्पन्न होती हैं । आदित्यसे देवता उत्पन्न होते हैं । आदित्यसे वेद उत्पन्न होते हैं । निश्चय ही ये आदित्य देवता ही इस ब्रह्माण्ड-मण्डलको तपाते (गर्मी देते) हैं । वे आदित्य ब्रह्म हैं । आदित्य ही अन्तःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्काररूप हैं । आदित्य ही प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान—इन पाँचों प्राणोंके रूपमें विराजते हैं । आदित्य ही श्रोत्र, त्वचा, चक्षु, रसना और घ्राण—इन पाँच इन्द्रियोंके रूपमें कार्य कर रहे हैं । आदित्य ही वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ—ये पाँचों कर्मेन्द्रिय भी हैं । आदित्य ही शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये ज्ञानेन्द्रियोंके पाँच विषय हैं । आदित्य ही वचन, आदान, गमन, मल-त्याग और आनन्द—ये कर्मेन्द्रियोंके पाँच विषय बन रहे हैं । आनन्द-मय, ज्ञानमय और विज्ञानमय आदित्य ही हैं । मित्रदेवता तथा सूर्यदेवको नमस्कार । प्रभो ! मृत्युसे मेरी रक्षा करो । दीप्तिमान् तथा विश्वके कारणरूप सूर्यनारायणको नमस्कार है । सूर्यसे सम्पूर्ण चराचर जीव उत्पन्न होते हैं, सूर्यके द्वारा ही उनका पालन होता है, और फिर सूर्यमें ही वे लयको प्राप्त होते हैं । जो सूर्यनारायण हैं, वह मैं ही हूँ । सविता देवता हमारे नेत्र हैं तथा पर्वके द्वारा पुण्यकालका आख्यान करनेके कारण जो पर्वतनामसे प्रसिद्ध हैं, वे सूर्य ही हमारे चक्षु हैं । सबको धारण करनेवाले धाता नामसे

प्रसिद्ध वे आदित्यदेव हमारे नेत्रोंको दृष्टिशक्ति प्रदान करके धारण करें।

'(श्रीसूर्यगायत्री) 'हम भगवान् आदित्यको जानते हैं—पूजते हैं, हम सहस्र (अनन्त) किरणोंसे मण्डित भगवान् सूर्यनारायणका ध्यान करते हैं; वे सूर्यदेव हमें प्रेरणा प्रदान करें।'* पीछे सविता देवता हैं, आगे सविता देवता हैं, उत्तर—बायें भी सविता देवता हैं, और दक्षिण भागमें भी (तथा ऊपर-नीचे भी) सविता देवता हैं। सविता देवता हमारे लिये सब कुछ प्रसव करें (सभी अभीष्ट वस्तुएँ दें)। सविता देवता हमें दीर्घ आयु प्रदान करें। 'ॐ' यह एकाक्षर मन्त्र ब्रह्म है। 'घृणिः' यह दो अक्षरोंका मन्त्र है, 'सूर्यः' यह दो अक्षरोंका मन्त्र है। 'आदित्यः' इस मन्त्रमें तीन अक्षर हैं। इन सबको मिलाकर सूर्यनारायणका अष्टाक्षर महामन्त्र—'ॐ घृणिः सूर्य आदित्योम्' बनता है। यही अथर्वाङ्गिरस सूर्यमन्त्र है। इस मन्त्रका जो प्रतिदिन जप करता है, वही ब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) होता है, वही ब्राह्मण होता है। सूर्यनारायणकी ओर मुख करके जपनेसे महाव्याधिके भयसे मुक्त हो जाता है। उसका दारिद्र्य नष्ट हो जाता है। सारे दोषों—पापोंसे वह मुक्त हो जाता है। मध्याह्नमें सूर्यकी ओर मुख करके इसका जप करे। यों करनेसे मनुष्य सद्यःउत्पन्न पञ्च महापातकोंसे छूट जाता है। यह सावित्री विद्या है, इसकी कहीं कुछ भी प्रशंसा न करे। जो महाभाग इसका प्रातः पाठ करता है, वह भाग्यवान् हो जाता है, उसे गौ आदि पशु प्राप्त होते हैं, वेदार्थ-ज्ञानकी प्राप्ति होती है। तीनों काल इसका जप करनेसे सैकड़ों यज्ञोंका फल प्राप्त होता है। जो सूर्यदेवताके हस्त नक्षत्रपर रहते समय (अर्थात् आश्विन मासमें) इसका जप करता है, वह महामृत्युसे तर जाता है; जो इस प्रकारसे जानता है, वह भी महामृत्युसे तर जाता है।

॥ अथर्ववेदीय सूर्योपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

जगत्की दुःखमयता और आनन्दमयता

अज्ञस्य दुःखौघमयं ज्ञस्यानन्दमयं जगत्।
अन्धं भुवनमन्धस्य प्रकाशं तु सुचक्षुषाम्॥

(वराहोपनिषद् २२)

जैसे अन्धेके लिये जगत् अन्धकारमय है और अच्छी आँखोंवालेके लिये प्रकाशमय है, वैसे ही अज्ञानी (जगत्को भगवान्से रहित विषयमय देखनेवाले) के लिये जगत् दुःखोंका समूहमय है और ज्ञानी (समस्त जगत्में भगवान्से पूर्ण देखनेवाले) के लिये आनन्दमय है।

* 'आदित्याय विद्महे सहस्रकिरणाय धीमहि। तन्नः सूर्यः प्रचोदयात्।'

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

अक्ष्युपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

नेत्ररोगहरी विद्या

कथा है कि एक समय भगवान् साङ्कृति आदित्यलोकको पधारे। वहाँ सूर्यनारायणको प्रणाम करके उन्होंने चाक्षुष्मती विद्याके द्वारा उनकी स्तुति की। ॐ चक्षु-इन्द्रियके प्रकाशक भगवान् श्रीसूर्यनारायणको नमस्कार है। ॐ आकाशमें विचरण करनेवाले सूर्यनारायणको नमस्कार है। ॐ महासेन (सहस्रों किरणोंकी भारी सेना साथ रखनेवाले) श्रीसूर्यनारायणको नमस्कार है। ॐ तमोगुणरूपमें भगवान् सूर्यनारायणको नमस्कार है। ॐ रजोगुणरूपमें भगवान् सूर्यनारायणको नमस्कार है। ॐ सत्त्वगुणके रूपमें भगवान् श्रीसूर्यनारायणको नमस्कार है। ॐ हे भगवन् ! मुझे असत्से सत्की ओर ले चलिये; मुझे अन्धकारसे प्रकाशकी ओर ले चलिये; मुझे मृत्युसे अमृतकी ओर ले चलिये। भगवान् सूर्य शुचिरूप हैं, और वे अप्रतिरूप भी हैं—उनके रूपकी कहीं भी तुलना नहीं है। जो अखिल रूपोंको धारण कर रहे हैं तथा रश्मिमालाओंसे मण्डित हैं, उन जातवेदा (सर्वज्ञ) स्वर्णसदृश प्रकाशवाले ज्योतिःस्वरूप और तपनेवाले भगवान् भास्करको हम स्मरण करते हैं। ये सहस्रों किरणोंवाले और शत-शत प्रकारसे वर्तमान भगवान् सूर्यनारायण समस्त प्राणियोंके समक्ष उदित हो रहे हैं। जो हमारे नेत्रोंके प्रकाश हैं, उन अदिति-नन्दन भगवान् श्रीसूर्यको नमस्कार है। दिनका भार वहन करनेवाले विश्ववाहक सूर्यदेवके प्रति हमारा सब कुछ सादर समर्पित है। इस प्रकार चाक्षुष्मती विद्याके द्वारा स्तुति किये जानेपर भगवान् सूर्यनारायण अत्यन्त प्रसन्न हुए और बोले—'जो ब्राह्मण इस चाक्षुष्मती विद्याका नित्य पाठ करता है, उसको आँखका रोग नहीं होता; उसके कुलमें अंधे नहीं होते। आठ ब्राह्मणोंको इसका ग्रहण करा देनेपर इस विद्याकी सिद्धि होती है। जो इस प्रकार जानता है, वह महान् हो जाता है ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

ब्रह्मविद्याका उपदेश

तदनन्तर साङ्कृति मुनिने सूर्यनारायणसे कहा, 'भगवन् ! मेरे लिये ब्रह्मविद्याका उपदेश कीजिये।' उनसे भगवान् आदित्य बोले—'साङ्कृति ! सुनो; तुमसे अत्यन्त दुर्लभ तत्त्व-ज्ञानका वर्णन करता हूँ, जिसके विज्ञानमात्रसे तुम जीवन्मुक्त हो जाओगे। सबको एक, अज, शान्त, अनन्त, ध्रुव, अव्यय तथा तत्त्वतः चैतन्यरूप देखते हुए तुम शान्ति और सुखसे रहो। असंवेदन अर्थात् आत्मा अथवा परमात्माके अतिरिक्त दूसरी किसी वस्तुका भान न हो—ऐसी स्थितिको ही योग मानते हैं; यही वास्तविक चित्तक्षय है। अतएव योगस्थ होकर कर्मोंको करो; नीरस अर्थात् विरक्त होकर कर्म मत करो। अब असंवेदनरूपी योगकी प्रथम भूमिका बतलाते हैं—

योगमें प्रवृत्त होनेपर अन्तःकरण प्रतिदिन वासनाओंसे विरक्त होता जाता है और नित्यप्रति उदार कर्मोंमें संलग्न होता और उन्हींमें प्रसन्नताका अनुभव करता है। मूर्ख मनुष्योंकी ग्राम्य-चेष्टाओं (अश्लील विषयभोगकी प्रवृत्तियों) से वह सदा घृणा करता है। किसीकी छिपी हुई मार्मिक बातोंको

दूसरोंपर प्रकट नहीं करता। परंतु सदा पुण्यकर्मोंका ही सेवन करता रहता है और जिनके द्वारा किसी प्राणीको उद्वेग न हो; ऐसे मृदु (दया और उदारतासे पूर्ण) सौम्य कर्मोंका सेवन करता है। निरन्तर पापसे डरता है और भोगकी आकाङ्क्षा नहीं करता। वह ऐसे वचन बोलता है, जिनमें स्नेह और प्रेम भरा हो; मृदुल और उचित हों तथा देश-कालके अनुकूल हों। मन, वचन और कर्मसे वह सज्जन पुरुषोंका सङ्ग करता है और जहाँ कहींसे भी संग्रह करके नित्य सत्-शास्त्रोंका अनुशीलन करता है। ऐसी स्थिति आनेपर वह प्रथम भूमिकाको प्राप्त होता है। संसार-सागरको पार करनेके लिये जो इस प्रकारके विचारोंमें संलग्न रहता है, वह भूमिकावान् कहलाता है और दूसरे 'आर्य' कहलाते हैं। जो योगकी विचार नामकी दूसरी भूमिकाको प्राप्त होता है, उसके लक्षण ये हैं—॥ १—१० ॥

वह ऐसे श्रेष्ठ विद्वानोंका आश्रय लेता है जो श्रुति, स्मृति, सदाचार, धारणा और ध्यानकी उत्तम व्याख्या करनेके कारण अधिक विख्यात हों। वह पद और पदार्थोंके विभागको ठीक-ठीक जानता है और श्रवण करनेयोग्य शास्त्रोंका ज्ञान प्राप्त कर लेनेके कारण कर्तव्य-अकर्तव्यके निर्णयको ठीक उसी प्रकार जानता है, जैसे घरका स्वामी घरके पदार्थोंको जानता है। मद, अभिमान, मत्सरता (डाह), लोभ और मोहकी अधिकता उसके मनमें रहती नहीं; किंतु बाह्य आचरणमें भी जो थोड़ी-बहुत इन दोषोंकी स्थिति देखी जाती है, उसको भी वह उसी भाँति त्याग देता है, जैसे साँप केंचुलको। ऐसी बुद्धिवाला साधक शास्त्र, गुरु और संतजनोंकी सेवाके द्वारा रहस्यपूर्वक सारी बातोंको यथावत् जान लेता है॥ ११—१४॥

इसके बाद वह असंसर्गा नामकी तीसरी योगभूमिकामें प्रवेश करता है—ठीक वैसे ही, जैसे एक सुन्दर पुरुष स्वच्छ पुष्प-शय्यापर आरूढ़ होता है। शास्त्रोंके वाक्य जिस अर्थको प्रकट करते हैं, उसमें विधिपूर्वक अपनी निश्चल बुद्धिको लगाकर (शास्त्रोंके वचनोंपर पूर्ण श्रद्धा रखकर), तपस्वियोंके आश्रममें रहकर तथा अध्यात्मशास्त्रकी चर्चा करते हुए वह पत्थरकी शय्यापर आसीन होकर अपनी विस्तृत आयु व्यतीत करता है। वह नीतिज्ञ पुरुष चित्तको शान्ति प्रदान करनेके कारण अधिक भानेवाले वनभूमि-विहार (वनके स्थानोंमें भ्रमण) द्वारा विषयोंमें अनासक्त हो स्वाभाविक सुख-सौख्यका उपभोग करता हुआ अपना समय बिताता है। सत्-शास्त्रोंके अभ्याससे तथा पुण्यकर्मोंके अनुष्ठानसे जीवकी यह यथार्थ वस्तुदृष्टि निर्मल होती है। इस तृतीय भूमिकाको प्राप्त करके वह स्वयं बुद्ध (ज्ञानी) होकर अनुभव करता है॥ १५—१९ ॥

असंसर्ग दो प्रकारका होता है, उसके इस भेदको सुनो। यह असंसर्ग सामान्य और श्रेष्ठ—दो प्रकारका है। मैं न तो कर्ता हूँ न भोक्ता हूँ, न बाध्य हूँ और न बाधक ही हूँ—इस प्रकार विषयोंमें आसक्त न होनेका भाव ही सामान्य असंसर्ग कहलाता है। सब कुछ पूर्वजन्ममें किये हुए कर्मोंके फल-रूपमें उपस्थित है, अथवा सब कुछ ईश्वराधीन है; अतएव सुख हो या दुःख, इसमें मेरा कर्तृत्व ही क्या है। भोगोंका विस्तार (अधिक संग्रह) महारोग है; सब प्रकारकी सम्पदाएँ परम आपदाएँ हैं। सारे संयोग एक दिन वियोगके लिये ही हैं; आधियाँ (मानसिक चिन्ताएँ) अज्ञानियोंके लिये व्याधिरूप हैं। समस्त पदार्थोंको काल निरन्तर अपना ग्रास बनानेमें लगा है; अतएव सारे पदार्थ अस्थायी हैं;—इस प्रकार शास्त्रोंके वचनोंको समझनेसे सर्वत्र अनास्था हो जानेके कारण जो मनमें उनके अभावकी भावना होती है, उसे सामान्य असंसर्ग कहते हैं। इस प्रकार क्रमशः महात्माओंके सत्सङ्गसे 'मैं कर्ता नहीं हूँ, ईश्वर कर्ता है अथवा मेरे पुराकृत कर्म ही कर्ता हैं' ऐसा निश्चय करके सब प्रकारकी चिन्ताओं तथा शब्द-अर्थकी भावनाको भी अत्यन्त दूर कर देनेके पश्चात् जो मौन (मन-इन्द्रियोंका पूर्ण संयम), आसन (आन्तरिक स्थिति) और शान्तभाव (बाह्य भावोंका विस्मरण) हो जाता है—वह श्रेष्ठ असंसर्ग कहलाता है॥ २०—२६ ॥

संतोष और आनन्दमयी होनेसे मधुर प्रतीत होनेवाली पहली भूमिका इस प्रकार उदय होती है; मानो वह अन्तःकरणकी भूमिमें उगा हुआ अमृतका छोटा-सा अङ्कुर हो। इस भूमिकाके उदित होनेके पश्चात् अन्तःकरणमें अन्य भूमिकाओंके प्रकट होनेके लिये एक भूमि (क्षेत्र) हो जाती है। उसके बाद साधक क्रमशः द्वितीय और तृतीय भूमिकाओंको भी प्राप्त कर लेता है। इनमें यह तीसरी भूमिका ही सर्वश्रेष्ठ होती है; क्योंकि इसमें पुरुष सम्पूर्ण सङ्कल्पात्मक वृत्तियोंका त्याग कर देता है। इन तीनों भूमिकाओंके अभ्याससे अज्ञानके क्षीण होनेपर चतुर्थी भूमिकाको प्राप्त हुए साधक सर्वत्र समभावसे देखते हैं। उस समय अद्वैतभाव दृढ़ होकर द्वैतभावकी शान्ति हो जाती है; इससे चौथी भूमिकापर पहुँचे हुए साधक इस लोकको स्वप्नवत् देखते हैं। पहली तीनों भूमिकाएँ जाग्रत्-स्वरूपा हैं तथा यह चौथी भूमिका स्वप्न कहलाती है॥ २७—३२ ॥

पाँचवीं भूमिकाको प्राप्त होनेपर साधकका चित्त शरत्-कालके मेघखण्डोंके समान आकाशमें विलीन हो जाता है, और केवल सत्त्वमात्र अवशिष्ट रहता है। इसमें चित्तके विलीन हो जानेके कारण सांसारिक विकल्पोंका उदय ही नहीं होता। सुषुप्तपद नामकी इस पाँचवीं भूमिकाके प्राप्त होनेपर सम्पूर्ण विशेषांश (भेद) शान्त हो जाते हैं, और साधक केवल (निर्विशेष) अद्वैत स्थितिमें आ जाता है। द्वैतका आभास नष्ट हो जाता है और आत्मज्ञानसे सम्पन्न प्रसन्न साधक पाँचवीं भूमिकामें पहुँचकर सुषुप्तघन (आनन्दमयी) स्थितिमें ही रहता है। वह बाहरके व्यवहार करता हुआ भी सदा अन्तर्मुख ही रहता है और सदा परिश्रान्त होकर निद्रा लेनेवालेके समान दिखलायी देता है। इस भूमिकामें अभ्यास करता हुआ वह वासना-रहित होकर क्रमशः तुर्या नामकी छठी भूमिकामें पदार्पण करता है। जहाँ न सत् है न असत् है; न अहङ्कार है न अनहङ्कार है, उस विशुद्ध अद्वैतावस्थामें वह अत्यन्त निर्भय होकर मननात्मक वृत्तिसे रहित हो जाता है। उसके हृदयकी ग्रन्थियाँ नष्ट हो जाती हैं, संदेह शान्त हो जाते हैं; वह जीवन्मुक्त होकर भावनाशून्य हो जाता है और निर्वाणको न प्राप्त होनेपर भी निर्वाणको प्राप्त हुआ-सा हो जाता है। उस समय वह चित्रलिखित दीपककी भाँति निश्चेष्ट रहता है। इस छठी भूमिकामें स्थित होनेके पश्चात् वह सातवीं भूमिकाको प्राप्त होता है ॥ ३३–४० ॥

विदेहमुक्तिकी अवस्था ही सातवीं भूमिका बतायी गयी है। यह भूमिका परम शान्त एवं वाणीके द्वारा अगम्य है। यही सब भूमिकाओंकी अन्तिम सीमा है, यहाँ योगकी सारी भूमिकाएँ समाप्त हो जाती हैं। लोकाचारका अनुगमन करना छोड़कर, देहाचारका अनुसरण छोड़कर तथा शास्त्रानुगमनको त्यागकर अपने अध्यासको दूर करो। विश्व, प्राज्ञ और तैजस आदि-रूप समस्त जगत् 'ॐकार' मात्र है; क्योंकि वाच्य और वाचकमें भेद नहीं होता (ॐकार वाचक है और परमात्मरूप सम्पूर्ण विश्व वाच्य है)। भेदसे इसकी उपलब्धि नहीं होती। प्रणवकी पहली मात्रा अकार ही 'विश्व' है, उकार 'तैजस' है और मकार 'प्राज्ञ' स्वरूप है--ऐसा क्रमशः अनुभव करे। समाधिकालसे पूर्व ही अत्यन्त प्रयत्नपूर्वक चिन्तन करके स्थूल और सूक्ष्मके क्रमसे सबको चिदात्मामें विलीन कर दे। चिदात्माको अपना स्वरूप समझे। मैं नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सत्तामात्र, अद्वय परमानन्द-संदोहमय एवं वासुदेव-स्वरूप ॐकार हूँ—ऐसी दृढ़ भावना करे। क्योंकि यह सारा प्रपञ्च आदि, मध्य और अन्तमें केवल दुःखमय ही है, अतएव हे अनघ ! सबको छोड़कर तत्त्वनिष्ठ बनो। मैं अविद्यारूपी अन्धकारसे परे, सब प्रकारके आभाससे रहित, आनन्दस्वरूप, निर्मल, शुद्ध, मन और वाणीकी पहुँचके परे, प्रज्ञानघन और आनन्दस्वरूप ब्रह्म हूँ—इस प्रकारकी भावना करनी चाहिये। यह उपनिषद् है ॥ ४१–४९ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय अक्ष्युपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

परमात्माका चिन्तन करो

निद्राया लोकवार्त्तायाः शब्दादेरात्मविस्मृतेः।
क्वचिन्नावसरं दत्त्वा चिन्तयात्मानमात्मनि ॥
(अध्यात्मोपनिषद् ५)

नींद, लोकचर्चा, इन्द्रियोंके शब्दादि विषय और आत्मविस्मृति (परमात्माका स्मरण न करना) इन (चारों) को कहीं तनिक-सा भी अवसर न देकर मनसे निरन्तर आत्मा (परमात्मा) का चिन्तन करो।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

चाक्षुषोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

अब नेत्र-रोगका हरण करनेवाली पाठमात्रसे सिद्ध होनेवाली चाक्षुषी विद्याकी व्याख्या करते हैं, जिससे समस्त नेत्ररोगोंका सम्पूर्णतया नाश हो जाता है और नेत्र तेजयुक्त हो जाते हैं । उस चाक्षुषी विद्याके ऋषि अहिर्बुध्न्य हैं, गायत्री छन्द है, सूर्यभगवान् देवता हैं; नेत्ररोगकी निवृत्तिके लिये इसका जप होता है—यह विनियोग है *।

चाक्षुषी विद्या

ॐ चक्षुः चक्षुः चक्षुः तेजः स्थिरो भव । मां पाहि पाहि । त्वरितं चक्षूरोगान् शमय शमय । मम जातरूपं तेजो दर्शय दर्शय । यथाहम् अन्धो न स्यां तथा कल्पय कल्पय । कल्याणं कुरु कुरु । यानि मम पूर्वजन्मोपार्जितानि चक्षुःप्रतिरोधकदुष्कृतानि सर्वाणि निर्मूलय निर्मूलय । ॐ नमः चक्षुस्तेजोदात्रे दिव्याय भास्कराय । ॐ नमः करुणाकरायामृताय । ॐ नमः सूर्याय । ॐ नमो भगवते सूर्यायाक्षितेजसे नमः । खेचराय नमः । महते नमः । रजसे नमः । तमसे नमः । असतो मा सद्गमय । तमसो मा ज्योतिर्गमय । मृत्योर्मा अमृतं गमय । उष्णो भगवाञ्छुचिरूपः । हंसो भगवान् शुचिरप्रतिरूपः । य इमां चाक्षुष्मतीविद्यां ब्राह्मणो नित्यमधीते न तस्याक्षिरोगो भवति । न तस्य कुले अन्धो भवति । अष्टौ ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा विद्यासिद्धिर्भवति ॥

ॐ (भगवान्‌का नाम लेकर कहे) । हे चक्षुके अभिमानी सूर्यदेव ! आप चक्षुमें चक्षुके तेजरूपसे स्थिर हो जायँ । मेरी रक्षा करें ! रक्षा करें ! मेरे आँखके रोगोंका शीघ्र शमन करें, शमन करें । मुझे अपना सुवर्ण-जैसा तेज दिखला दें, दिखला दें । जिससे मैं अंधा न होऊँ (कृपया) वैसे ही उपाय करें, उपाय करें । मेरा कल्याण करें, कल्याण करें । दर्शन-शक्तिका अवरोध करनेवाले मेरे पूर्वजन्मार्जित जितने भी पाप हैं, सबको जड़से उखाड़ दें, जड़से उखाड़ दें । ॐ (सच्चिदानन्दस्वरूप) नेत्रोंको तेज प्रदान करनेवाले दिव्यस्वरूप भगवान् भास्करको नमस्कार है । ॐ करुणाकर अमृतस्वरूपको नमस्कार है । ॐ सूर्यभगवान्‌को नमस्कार है । ॐ नेत्रोंके प्रकाश भगवान् सूर्यदेवको नमस्कार है । ॐ आकाशविहारीको नमस्कार है । परम श्रेष्ठस्वरूपको नमस्कार है । ॐ (सबमें क्रिया-शक्ति उत्पन्न करनेवाले) रजोगुणरूप सूर्यभगवान्‌को नमस्कार है । (अन्धकारको सर्वथा अपने अंदर समा लेनेवाले) तमोगुणके आश्रयभूत भगवान् सूर्यको नमस्कार है । हे भगवन् ! मुझको असत्‌से सत्‌की ओर ले चलिये । अन्धकारसे प्रकाशकी ओर ले चलिये । मृत्युसे अमृतकी ओर ले चलिये । उष्णस्वरूप भगवान् सूर्य शुचिरूप हैं । हंसस्वरूप भगवान् सूर्य शुचि तथा अप्रतिरूप हैं—उनके तेजोमय स्वरूपकी समता करनेवाला कोई नहीं है । जो ब्राह्मण इस चाक्षुष्मती विद्याका नित्य पाठ करता है, उसको नेत्रसम्बन्धी कोई रोग नहीं होता । उसके कुलमें कोई

---

* तस्याश्चाक्षुषीविद्याया अहिर्बुध्न्य ऋषिः, गायत्री छन्दः, सूर्यो देवता, चक्षूरोगनिवृत्तये विनियोगः ।

अंधा नहीं होता। आठ ब्राह्मणोंको इस विद्याका दान करनेपर—इसका ग्रहण करा देनेपर इस विद्याकी सिद्धि होती है।*

जो सच्चिदानन्दस्वरूप हैं, सम्पूर्ण विश्व जिनका रूप है, जो किरणोंसे सुशोभित एवं जातवेदा (भूत आदि तीनों कालोंकी बातको जाननेवाले) हैं, जो ज्योतिःस्वरूप, हिरण्मय (सुवर्णके समान कान्तिमान्) पुरुषके रूपमें तप रहे हैं, इस सम्पूर्ण विश्वके जो एकमात्र उत्पत्तिस्थान हैं, उन प्रचण्ड प्रतापवाले भगवान् सूर्यको हम नमस्कार करते हैं। ये सूर्यदेव समस्त प्रजाओं (प्राणियों) के समक्ष उदित हो रहे हैं।

ॐ नमो भगवते आदित्याय अहोवाहिनी अहोवाहिनी स्वाहा।

ॐ षड्विध ऐश्वर्यसे सम्पन्न भगवान् आदित्यको नमस्कार है। उनकी प्रभा दिनका भार वहन करनेवाली है, दिनका भार वहन करनेवाली है। हम उन भगवान्के लिये उत्तम आहुति देते हैं। जिन्हें मेधा अत्यन्त प्रिय है, वे ऋषिगण उत्तम पंखोंवाले पक्षीके रूपमें भगवान् सूर्यके पास गये और इस प्रकार प्रार्थना करने लगे—'भगवन्! इस अन्धकारको छिपा दीजिये, हमारे नेत्रोंको प्रकाशसे पूर्ण कीजिये तथा तमोमय बन्धनमें बँधे हुए-से हम सब प्राणियोंको अपना दिव्य प्रकाश देकर मुक्त कीजिये। पुण्डरीकाक्षको नमस्कार है। पुष्करेक्षणको नमस्कार है। निर्मल नेत्रोंवाले—अमलेक्षणको नमस्कार है। कमलेक्षणको नमस्कार है। विश्वरूपको नमस्कार है। महाविष्णुको नमस्कार है।'

॥ कृष्णयजुर्वेदीय चाक्षुषोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

***चाक्षुषी (नेत्र)-उपनिषद्की शीघ्र फल देनेवाली विधि—**

(लेखक—पं० श्रीमुकुन्दवल्लभजी मिश्र, ज्यौतिषाचार्य)

नेत्ररोगसे पीड़ित श्रद्धालु साधकको चाहिये कि प्रतिदिन प्रातःकाल हरिद्रा (हल्दी) से अनारकी शाखाकी कलमके द्वारा काँसेके पात्रमें निम्नलिखित बत्तीसे यन्त्रको लिखे—

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

'मम चक्षूरोगान् शमय शमय'

फिर उसी यन्त्रपर ताँबेकी कटोरीमें चतुर्मुख (चारों ओर चार बत्तियोंका) घीका दीपक जलाकर रख दे। तदनन्तर गन्ध-पुष्पादिसे यन्त्रका पूजन करे। फिर पूर्वकी ओर मुख करके बैठे और हरिद्रा (हल्दी) की मालासे 'ॐ ह्रीं हंसः' इस बीजमन्त्रकी ६ मालाएँ जपकर नेत्रोपनिषद्के कम-से-कम बारह पाठ करे। पाठके पश्चात् फिर उपर्युक्त बीजमन्त्रकी ५ मालाएँ जपे। तदनन्तर सूर्यभगवान्को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य देकर प्रणाम करे और मनमें यह निश्चय करे कि मेरा नेत्ररोग शीघ्र ही नष्ट हो जायगा।

ऐसा करते रहनेसे इस उपनिषद्का नेत्ररोगनाशक अद्भुत प्रभाव बहुत शीघ्र देखनेमें आता है।

१. 'पुण्डरीकाक्ष', 'पुष्करेक्षण' और 'कमलेक्षण'—इन तीनों नामोंका एक ही अर्थ है—कमलके समान नेत्रोंवाले भगवान्।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

नारायणोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

भगवान् नारायणकी सर्वकारणता एवं सर्वरूपता; अष्टाक्षर नारायण-मन्त्रका स्वरूप और महिमा

ॐ इस परमात्माके नामका स्मरण करके अब नारायणोपनिषद् आरम्भ किया जाता है । निश्चय ही, भगवान् नारायण सबके शरीरोंमें शयन करनेवाले अन्तर्यामी आत्मा हैं । उन्होंने संकल्प किया—'मैं जीवोंकी सृष्टि करूँ ।' अतः उन्हींसे सबकी उत्पत्ति हुई है । नारायणसे ही समष्टिगत प्राण उत्पन्न होता है, उन्हींसे मन और सम्पूर्ण इन्द्रियाँ प्रकट होती हैं । आकाश, वायु, तेज, जल तथा सम्पूर्ण विश्वको धारण करनेवाली पृथ्वी—इन सबकी नारायणसे ही उत्पत्ति होती है । नारायणसे ब्रह्मा उत्पन्न होते हैं । नारायणसे शिवजी प्रकट होते हैं । नारायणसे इन्द्रका जन्म होता है । नारायणसे प्रजापति उत्पन्न होते हैं । नारायणसे ही बारह आदित्य प्रकट हुए हैं । ग्यारह रुद्र, आठ वसु और सम्पूर्ण छन्द (वेद) नारायणसे ही उत्पन्न होते हैं, नारायणसे ही प्रेरित होकर अपने-अपने कार्यमें प्रवृत्त होते हैं और नारायणमें ही लीन हो जाते हैं । यह ऋग्वेदीय उपनिषद्का कथन है ॥ १ ॥

भगवान् नारायण नित्य हैं । ब्रह्मा नारायण हैं । शिव भी नारायण हैं । इन्द्र भी नारायण हैं । काल भी नारायण हैं । दिशाएँ भी नारायण हैं । विदिशाएँ (दिशाओंके बीचके कोण) भी नारायण हैं । ऊपर भी नारायण हैं । नीचे भी नारायण हैं । भीतर और बाहर भी नारायण हैं । जो कुछ हो चुका है तथा जो कुछ हो रहा है और होनेवाला है, यह सब भगवान् नारायण ही हैं । एकमात्र नारायण ही निष्कलङ्क, निरञ्जन, निर्विकल्प, अनिर्वचनीय एवं विशुद्ध देव हैं; उनके सिवा दूसरा कोई नहीं है । जो इस प्रकार जानता है, वह विष्णु ही हो जाता है, वह विष्णु ही हो जाता है । यह यजुर्वेदीय उपनिषद्का प्रतिपादन है ॥ २ ॥

सबसे पहले 'ॐ' इस अक्षरका उच्चारण करे, इसके बाद **'नमः'** पदका, फिर अन्तमें **'नारायणाय'** इस पदका उच्चारण करे । 'ॐ' यह एक अक्षर है । **'नमः'** ये दो अक्षर हैं । **'नारायणाय'** ये पाँच अक्षर हैं । यह **'ॐ नमो नारायणाय'** पद भगवान् नारायणका अष्टाक्षरमन्त्र है । निश्चय ही, जो मनुष्य भगवान् नारायणके इस अष्टाक्षरमन्त्रका जप करता है, वह उत्तम कीर्तिसे युक्त हो पूरी आयुतक जीवित रहता है । जीवोंका आधिपत्य, धनकी वृद्धि, गौ आदि पशुओंका स्वामित्व—ये सब भी उसे प्राप्त होते हैं । तदनन्तर वह अमृतत्वको प्राप्त होता है, अमृतत्वको प्राप्त होता है (अर्थात् भगवान् नारायणके अमृतमय परमधाममें जाकर परमानन्दका अनुभव करता है) । यह सामवेदीय उपनिषद्का कथन है ॥ ३ ॥

आन्तरिक आनन्दमय ब्रह्मपुरुष प्रणवस्वरूप है; 'अ' 'उ' 'म'—ये उसकी मात्राएँ हैं । ये अनेक हैं; इनका ही सम्मिलित रूप 'ॐ' इस प्रकार हुआ है । इस प्रणवका जप करके योगी जन्म-मृत्युरूप संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाता है । **'ॐ नमो नारायणाय'** इस मन्त्रकी उपासना करनेवाला साधक वैकुण्ठधाममें जायगा । वह यह वैकुण्ठधाम विज्ञानघन

पुण्डरीक (कमल) है; अतः इसका स्वरूप विद्युत्के समान परम प्रकाशमय है। देवकीनन्दन भगवान् श्रीकृष्ण ब्रह्मण्य (ब्राह्मणप्रिय) हैं। भगवान् मधुसूदन ब्रह्मण्य हैं। पुण्डरीक (कमल)के सदृश नेत्रोंवाले भगवान् विष्णु ब्रह्मण्य हैं। अच्युत विष्णु ब्रह्मण्य हैं। सम्पूर्ण भूतोंमें स्थित एक ही नारायण-देव कारणपुरुष हैं। वे ही कारणरहित परब्रह्म हैं। ॐ यह अथर्ववेदीय उपनिषद्का प्रतिपादन है ॥ ४ ॥

प्रातःकाल इस उपनिषद्का पाठ करनेवाला पुरुष रात्रिमें किये हुए पापका नाश कर डालता है। सायंकालमें इसका पाठ करनेवाला मनुष्य दिनमें किये हुए पापका नाश कर डालता है। सायंकाल और प्रातःकाल दोनों समय पाठ करनेवाला साधक पहलेका पापी हो तो भी निष्पाप हो जाता है। दोपहरके समय भगवान् सूर्यकी ओर मुख करके पाठ करनेवाला मानव पाँच महापातकों और उपपातकोंसे सर्वथा मुक्त हो जाता है। सम्पूर्ण वेदोंके पाठका पुण्य-लाभ करता है। और अन्तमें भगवान् श्रीनारायणका सायुज्य प्राप्त कर लेता है; जो इस प्रकार जानता है, वह भी श्रीमन्नारायणका सायुज्य प्राप्त कर लेता है ॥ ५ ॥

॥ कृष्णयजुर्वेदीय नारायणोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

श्रीनारायणके ध्यानसे मुक्ति

अथ यदिदं ब्रह्मपुरं पुण्डरीकं तस्मात्त-
डिदाभमात्रं दीपवत्प्रकाशम् ।
ब्रह्मण्यो देवकीपुत्रो ब्रह्मण्यो मधुसूदनः ।
ब्रह्मण्यः पुण्डरीकाक्षो ब्रह्मण्यो विष्णुरच्युतः ॥
सर्वभूतस्थमेकं नारायणं कारणपुरुषमकारणं परं ब्रह्मो ।
शोकमोहविनिर्मुक्तो विष्णुं ध्यायन्न सीदति ॥ (आत्मप्रबोध०)

'अब जो यह ब्रह्मपुर-कमल है, उसमें विद्युत्की आभामात्र दीपकके समान प्रकाशरूप, ब्राह्मणोंके प्रिय अथवा ब्राह्मण जिनको प्रिय हैं, ऐसे देवकीनन्दन, ब्रह्मण्य मधुसूदन, ब्रह्मण्य कमलनयन अच्युत विष्णु भगवान् हैं। (उन) सर्वभूतोंमें स्थित एकमात्र कारणपुरुष कारणरहित परब्रह्म नारायण विष्णुका जो ध्यान करता है, वह शोक-मोहसे छूट जाता है और कोई कष्ट नहीं पाता।'

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

श्रीरामोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

श्रीरामका स्वरूप, उनके अङ्ग, राम-मन्त्रका माहात्म्य

एक समय सनकादि योगीन्द्रों तथा अन्य ऋषियों और प्रह्लादादि भगवान् विष्णुके भक्तोंने हनुमान्‌जीसे यह पूछा—हे महाबाहु महाबलवान् वायुपुत्र ! आप यह बतलायें कि अठारहों पुराणों, अठारहों स्मृतियों, चारों वेदों, सम्पूर्ण शास्त्रों एवं समस्त अध्यात्मविद्याओंमें ब्रह्मवादियोंके लिये कौन-सा तत्त्व उपदिष्ट हुआ है ? विष्णुके समस्त नामोंमेंसे तथा गणेश, सूर्य, शिव और शक्ति—इनमेंसे वह तत्त्व कौन-सा है ? ॥ १—३ ॥

श्रीहनुमान्‌जीने उत्तर दिया—योगीन्द्रवृन्द, ऋषिगण तथा विष्णुभक्तजन ! आप संसारके बन्धनको नाश करनेवाली मेरी बात सुनें । इन सब (वेदादिकों)में परम तत्त्व ब्रह्मस्वरूप तारक ही है । राम ही परम ब्रह्म हैं । राम ही परम तपःस्वरूप हैं । राम ही परम तत्त्व हैं । वे श्रीराम ही तारकब्रह्म हैं ॥ ४-५ ॥

श्रीपवनपुत्रके यह उपदेश देनेपर योगीन्द्रों, ऋषियों और विष्णुभक्तोंने फिर हनुमान्‌जीसे पूछा—हनुमान्‌जी ! आप हमें श्रीरामके अङ्गोंका उपदेश करें । तब उन पवनकुमारने कहा—'गणेश, सरस्वती, दुर्गा, क्षेत्रपाल, सूर्य, चन्द्र, नारायण, नरसिंह, वासुदेव, वाराह तथा और भी दूसरे सभी देवताओंके मन्त्रोंको, श्रीसीताजी, लक्ष्मणजी, हनुमान्, शत्रुघ्न, विभीषण, सुग्रीव, अङ्गद, जाम्बवान् और भरतजी—इन सबको श्रीरामका अङ्ग जानना चाहिये । अङ्गोंकी पूजाके बिना राम-मन्त्रका जप विघ्नकारक होता है' ॥ ६ ॥

इस प्रकार हनुमान्‌जीके कहनेपर उन सब योगीन्द्रादिने पुनः उनसे पूछा—महाबलवान् अञ्जनीकुमार ! जो गृहस्थ ब्राह्मण (ब्रह्मवादी) हैं, उनको प्रणवका अधिकार कैसे हो सकता है ?

श्रीहनुमान्‌जी बोले—एक बार श्रीअयोध्याजीमें रत्न-सिंहासनासीन भगवान् श्रीरामसे मैंने इसी प्रकार पूछा था—'योगियोंके चित्तरूपी मानसरोवरमें विहार करनेवाले हंसके समान सीतानाथ ! गृहस्थ ब्राह्मणोंको प्रणवमें किस प्रकार अधिकार प्राप्त हो ?' भगवान् श्रीरामने बताया—'जिनको इस छः अक्षरके मेरे मन्त्रका अधिकार प्राप्त है, उन्हींको प्रणव-जपका अधिकार है, दूसरोंको नहीं । जो प्रणवको केवल अकार, उकार, मकार और अर्धमात्रासहित जपकर पुनः 'रामचन्द्र' मन्त्रका जप करता है, मैं उसका कल्याण करता हूँ । इसलिये प्रणवके अकार, उकार, मकार एवं अर्धमात्राके ऋषि, छन्द, देवताका न्यास करके, इसी प्रकार वर्ण,

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

श्रीकृष्णोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

श्रीकृष्णके परिवारोंके रूपमें विभिन्न देवी-देवताओंका अवतरण, श्रीकृष्णके साथ उनकी एकरूपता

श्रीकृष्णावतारसे पूर्व जब देवताओंसे भगवान्‌ने उन्हें पृथ्वीपर अवतीर्ण होनेके लिये कहा, तब वे (जन्ममीरु) समस्त देवता उन सनातन भगवान्‌से बोले—'भगवन् ! हम देवता होकर पृथ्वीपर जन्म लें, यह हमारे लिये बड़ी निन्दाकी बात है । हमारे द्वारा स्वेच्छासे तो भूतलपर जन्म ग्रहण करना सम्भव नहीं है; परंतु आपकी आज्ञा है, इसलिये हमें वहाँ जन्म लेना ही पड़ेगा । फिर भी इतनी प्रार्थना अवश्य है कि हमें गोप (गँवार मनुष्य) और स्त्रीके रूपमें वहाँ उत्पन्न न करें । जिसे आपके अङ्ग-स्पर्शसे वञ्चित रहना पड़ता हो ऐसा आपके सान्निध्यसे दूर रहनेवाला मनुष्य बनकर हममेंसे कोई भी शरीर धारण नहीं करेगा; हमें सदा अपने अङ्गोंके स्पर्शका अवसर दें, तभी हम अवतार ग्रहण करेंगे ।' रुद्र आदि देवताओंका यह स्नेहपूर्ण वचन सुनकर स्वयं भगवान्‌ने कहा—'देवताओ ! मैं तुम्हें अङ्ग-स्पर्शका अवसर दूँगा, तुम्हारे वचनोंको अवश्य पूर्ण करूँगा' ॥ १-२ ॥

भगवान्‌का यह आश्वासन पाकर वे सब देवता बड़े प्रसन्न हुए और बोले—'अब हम कृतार्थ हो गये ।' फिर सब देवता भगवान्‌की सेवाके लिये प्रकट हुए । भगवान्‌का परमानन्दमय अंश ही नन्दरायजीके रूपमें प्रकट हुआ । नन्दरानी यशोदाके रूपमें साक्षात् मुक्तिदेवी अवतीर्ण हुईं । सुप्रसिद्ध माया सात्त्विकी, राजसी और तामसी—यों तीन प्रकारकी बतायी गयी है । भगवान्‌के भक्त श्रीरुद्रदेवमें सात्त्विकी माया है, ब्रह्माजीमें राजसी माया है और दैत्यवर्गमें तामसी मायाका प्रादुर्भाव हुआ है । इस प्रकार यह तीन प्रकारकी माया बतायी गयी । इससे भिन्न जो वैष्णवी माया है, जिसको जीतना किसीके लिये भी सम्भव नहीं है, जिसे पूर्वकालमें ब्रह्माजी भी पराजित न कर सके तथा देवता भी जिसकी स्तुति करते हैं, वह ब्रह्मविद्यामयी वैष्णवी माया ही देवकी-रूपमें प्रकट हुई । निगम (वेद) ही वसुदेव हैं, जो सदा मुझ नारायणके स्वरूपका स्तवन करते हैं । वेदोंका तात्पर्य-भूत ब्रह्म ही श्रीबलराम और श्रीकृष्णके रूपमें इस महीतलपर अवतीर्ण हुआ । वह मूर्तिमान् वेदार्थ ही वृन्दावनमें गोप-गोपियोंके साथ क्रीडा करता है । ऋचाएँ उस श्रीकृष्णकी गौएँ और गोपियाँ हैं । ब्रह्मा लकुटीरूप धारण किये हुए हैं और रुद्र वंश अर्थात् वंशी बने हैं । देवराज इन्द्र सींगा बने हैं । गोकुल नामक वनके रूपमें साक्षात् वैकुण्ठ है । वहाँ द्रुमोंके रूपमें तपस्वी महात्मा हैं । लोभ-क्रोधादिने दैत्योंका रूप धारण किया है, जो कलियुगमें केवल भगवान्‌का नाम लेनेमात्रसे तिरस्कृत (नष्ट) हो जाते हैं ॥ ३–९ ॥

गोपरूपमें साक्षात् भगवान् श्रीहरि ही लीला-विग्रह धारण किये हुए हैं । यह जगत् मायासे मोहित है, अतः उसके लिये भगवान्‌की लीलाका रहस्य समझना बहुत कठिन है । वह माया समस्त देवताओंके लिये भी दुर्जय है । जिनकी मायाके प्रभावसे ब्रह्माजी लकुटी बने हुए हैं और जिन्होंने भगवान् शिवको

बाँसुरी बना रक्खा है, उनकी मायाको साधारण जगत् कैसे जान सकता है ? निश्चय ही देवताओंका बल ज्ञान है। परंतु भगवान्‌की मायाने उसे भी क्षणभरमें हर लिया। श्रीशेषनाग श्रीबलराम बने, और सनातन ब्रह्म ही श्रीकृष्ण बने। सोलह हजार एक सौ आठ—रुक्मिणी आदि भगवान्‌की रानियाँ वेदकी ऋचाएँ तथा उपनिषद् हैं। इनके सिवा जो वेदोंकी ब्रह्मरूपा ऋचाएँ हैं, वे गोपियोंके रूपमें अवतीर्ण हुई हैं। द्वेष चाणूर मल्ल है, मत्सर दुर्जय मुष्टिक है, दर्प ही कुवलया-पीड हाथी है। गर्व ही आकाशचारी बकासुर राक्षस है। रोहिणी माताके रूपमें दयाका अवतार हुआ है, पृथ्वी माता ही सत्यभामा बनी हैं। महाव्याधि ही अघासुर है और साक्षात् कलि राजा कंस बना है। श्रीकृष्णके मित्र सुदामा शम हैं, अक्रूर सत्य हैं और उद्धव दम हैं। जो शङ्ख है, वह स्वयं विष्णु है तथा लक्ष्मीका भाई होनेसे लक्ष्मीरूप भी है; वह क्षीरसमुद्रसे उत्पन्न हुआ है, मेघके समान उसका गम्भीर घोष है। दूध-दहीके भंडारमें जो भगवान्‌ने मटके फोड़े और उनसे जो दूध-दहीका प्रवाह हुआ, उसके रूपमें उन्होंने साक्षात् क्षीरसागरको ही प्रकट किया है और उस महासागरमें वे बालक बने हुए पूर्ववत् क्रीड़ा कर रहे हैं। शत्रुओंके संहार तथा साधुजनोंकी रक्षामें वे सम्यक्‌रूपसे स्थित हैं। समस्त प्राणियोंपर अहैतुकी कृपा करनेके लिये तथा अपने आत्मजरूप धर्मकी रक्षा करनेके लिये श्रीकृष्ण प्रकट हुए हैं, यों जानना चाहिये। भगवान् शिवने श्रीहरिको अर्पित करनेके लिये जिस चक्रको प्रकट किया था, भगवान्‌के हाथमें सुशोभित वह चक्र ब्रह्मस्वरूप ही है॥ १०—१९॥

धर्मने चँवरका रूप ग्रहण किया है, वायुदेव ही वैजयन्ती मालाके रूपमें प्रकट हुए हैं, महेश्वरने अग्निके समान चमचमाते हुए खड्गका रूप धारण किया है। कश्यप मुनि नन्दजीके घरमें ऊखल बने हैं और माता अदिति रज्जुके रूपमें अवतरित हुई हैं। जैसे सब वर्णोंके ऊपर अनुस्वार शोभा पाता है, उसी प्रकार जो सबके ऊपर सुशोभित आकाश है, उसे ही भगवान्‌का छत्र जानो। व्यास-वाल्मीकि आदि ज्ञानी महात्मा देवताओंके जितने स्वरूप बतलाते हैं तथा जिन-जिनको लोग देवरूप समझकर नमस्कार करते हैं, वे सभी देवता भगवान् श्रीकृष्णके ही आश्रित हैं। भगवान्‌के हाथकी गदा सारे शत्रुओंका नाश करनेवाली साक्षात् कालिका है। शार्ङ्गधनुषका रूप स्वयं वैष्णवी मायाने धारण किया है और प्राणसंहारक काल ही उनका बाण है। जगत्‌के बीजरूप कमलको भगवान्‌ने हाथमें लीलापूर्वक धारण किया है। गरुडने भाण्डीरवटका रूप ग्रहण किया है, और नारद मुनि सुदामा नामके सखा बने हैं। भक्तिने वृन्दाका रूप धारण किया है। सब जीवोंको प्रकाश देनेवाली जो बुद्धि है, वही भगवान्‌की क्रिया-शक्ति है। अतः ये गोप-गोपी आदि सभी भगवान्‌से भिन्न नहीं हैं और विभु—परमात्मा श्रीकृष्ण भी इनसे भिन्न नहीं हैं। उन्होंने (श्रीकृष्णने) स्वर्गवासियों-को तथा सारे वैकुण्ठधामको भूतलपर उतार लिया है॥ २०—२५॥

जो इस प्रकार जानता है, वह सब तीर्थोंका फल पाता है और देहके बन्धनसे मुक्त हो जाता है—यह उपनिषद् है।

॥ अथर्ववेदीय श्रीकृष्णोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

कलिसंतरणोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

'हरे राम' आदि सोलह नामोंके मन्त्रका अद्भुत माहात्म्य

हरिः ॐ । द्वापरके अन्तमें नारदजी ब्रह्माजीके पास गये, और बोले—'भगवन् ! मैं भूलोकमें पर्यटन करता हुआ किस प्रकार कलिसे त्राण पा सकता हूँ ?' ब्रह्माजी बोले—'वत्स ! तुमने मुझसे आज बहुत अच्छी बात पूछी है । समस्त श्रुतियोंका जो गोपनीय रहस्य है, उसे सुनो—जिससे कलियुगमें भवसागरको पार कर लोगे । भगवान् आदि-पुरुष नारायणके नामोच्चारणमात्रसे मनुष्य कलिके दोषोंका नाश कर डालता है ।' नारदजीने फिर पूछा—'वह कौन-सा नाम है ?' हिरण्यगर्भ ब्रह्माजीने कहा—

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥

ये सोलह नाम कलिके पापोंका नाश करनेवाले हैं । इससे श्रेष्ठ कोई दूसरा उपाय सारे वेदोंमें भी नहीं देखनेमें आता । इसके द्वारा षोडश कलाओंसे आवृत जीवके आवरण नष्ट हो जाते हैं । तत्पश्चात् जैसे मेघके विलीन होनेपर सूर्यकी किरणें प्रकाशित हो उठती हैं, उसी प्रकार परब्रह्मका स्वरूप प्रकाशित हो जाता है । फिर नारदजीने पूछा—'भगवन् ! इसके जपकी क्या विधि है ?' ब्रह्माजीने उनसे कहा—'इसकी कोई विधि नहीं है । पवित्र हो या अपवित्र, इस मन्त्रका निरन्तर जप करनेवाला सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य और सायुज्य—चारों प्रकारकी मुक्ति प्राप्त करता है । जब साधक इस सोलह नामोंवाले मन्त्रका साढ़े तीन करोड़ जप कर लेता है, तब ब्रह्महत्याके दोषको पार कर जाता है । वह वीरहत्याके पापसे तर जाता है । स्वर्णकी चोरीके पापसे छूट जाता है । पितर, देवता और मनुष्योंके अपकारके दोषसे भी छूट जाता है । सब धर्मोंके परित्यागके पापसे तत्काल ही पवित्र हो जाता है । शीघ्र ही मुक्त हो जाता है, शीघ्र ही मुक्त हो जाता है । यह उपनिषद् है ।

॥ कृष्णयजुर्वेदीय कलिसंतरणोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

गणपत्युपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

भगवान् गणनायककी स्तुति; उनके बीजमन्त्र, महामन्त्र तथा गायत्री; उपनिषद्के पाठका तथा गणपति पूजनका माहात्म्य

हरिः ॐ । भगवान् गणपतिको नमस्कार है । तुम्हीं प्रत्यक्ष तत्त्व हो । तुम्हीं केवल कर्ता हो, तुम्हीं केवल धर्ता हो, तुम्हीं केवल हर्ता हो । निश्चयपूर्वक तुम्हीं इन सब रूपोंमें विराजमान ब्रह्म हो । तुम साक्षात् नित्य आत्मस्वरूप हो । मैं ऋत—न्याययुक्त बात कहता हूँ, सत्य कहता हूँ । तुम मेरी (मुझ शिष्यकी) रक्षा करो, वक्ता (आचार्य) की रक्षा करो । श्रोताकी रक्षा करो । दाताकी रक्षा करो, धाताकी रक्षा करो । व्याख्या करनेवाले आचार्यकी रक्षा करो, शिष्यकी रक्षा करो । पश्चिमसे रक्षा करो, पूर्वसे रक्षा करो, उत्तरसे रक्षा करो, दक्षिणसे रक्षा करो, ऊपरसे रक्षा करो, नीचेसे रक्षा करो, सब ओरसे मेरी रक्षा करो, चारों ओरसे मेरी रक्षा करो । तुम वाङ्मय हो, तुम चिन्मय हो, तुम आनन्दमय हो, तुम ब्रह्ममय हो । तुम सच्चिदानन्द, अद्वितीय हो । तुम प्रत्यक्ष ब्रह्म हो, तुम ज्ञानमय, विज्ञानमय हो । यह सारा जगत् तुमसे उत्पन्न होता है । यह सारा जगत् तुमसे ठहरा हुआ है । यह सारा जगत् तुममें लयको प्राप्त होगा । इस सारे जगत्की तुममें प्रतीति हो रही है । तुम भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश हो । परा, पश्यन्ती, वैखरी और मध्यमा—वाणीके ये चार विभाग तुम्हीं हो । तुम सत्त्व, रज और तम—तीनों गुणोंसे परे हो । तुम भूत, भविष्य और वर्तमान—तीनों कालोंसे परे हो । तुम स्थूल, सूक्ष्म और कारण—तीनों शरीरोंसे परे हो । तुम मूलाधार चक्रमें नित्य स्थित रहते हो । इच्छा, क्रिया और ज्ञान—तीन प्रकारकी शक्तियाँ तुम्हीं हो । तुम्हारा योगिजन नित्य ध्यान करते हैं । तुम ब्रह्मा हो, तुम विष्णु हो, तुम रुद्र हो, तुम इन्द्र हो, तुम अग्नि हो, तुम वायु हो, तुम सूर्य हो, तुम चन्द्रमा हो, तुम ब्रह्म हो, **भूः, भुवः, स्वः**—ये तीनों लोक तथा ॐकारवाच्य परब्रह्म भी तुम हो ।

गणके आदि अर्थात् ग् का पहले उच्चारण करके उसके बाद वर्णोंके आदि अर्थात् अ का उच्चारण करे, उसके बाद अनुस्वार उच्चारित होता है । इस प्रकार अर्धचन्द्रसे सुशोभित 'गं' ॐकारसे अवरुद्ध होनेपर तुम्हारे बीज-मन्त्रका स्वरूप (ॐ गं) है । गकार इसका पूर्वरूप है, अकार मध्यम रूप है, अनुस्वार अन्त्य रूप है, बिन्दु उत्तर रूप है । नाद सन्धान है । संहिता सन्धि है । ऐसी यह गणेशविद्या है । इस महामन्त्रके गणक ऋषि हैं, निचृद्गायत्री छन्द है, श्रीमहागणपति देवता हैं । वह महामन्त्र है—**ॐ गं गणपतये नमः** । एकदन्तको हम जानते हैं । वक्रतुण्डका

हम ध्यान करते हैं, वह दन्ती (गजानन) हमें प्रेरणा प्रदान करे*। (वह गणेश गायत्री है) एकदन्त, चतुर्भुज, चारों हाथोंमें पाश, अङ्कुश, अभय और वरदानकी मुद्रा धारण किये तथा मूषक-चिह्न-की ध्वजा लिये हुए, रक्तवर्ण, लंबे उदरवाले, सूप-जैसे बड़े-बड़े कानोंवाले, रक्तवस्त्रधारी, शरीरपर रक्तचन्दनका लेप किये हुए, रक्तपुष्पोंसे भलीभाँति पूजित, भक्तके ऊपर अनुकम्पा करनेवाले देवता, जगत्के कारण, अच्युत, सृष्टिके आदिमें आविर्भूत, प्रकृति और पुरुषसे परे श्रीगणेशजीका जो नित्य ध्यान करता है, वह योगी सब योगियोंमें श्रेष्ठ है।

व्रात (देवसमूह)के नायकको नमस्कार, गणपतिको नमस्कार, प्रमथपति (शिवजीके गणोंके अधिनायक) के लिये नमस्कार, लम्बोदरको, एकदन्तको, विघ्नविनाशकको, शिवजीके पुत्रको तथा श्रीवरदमूर्तिको नमस्कार, नमस्कार।†

यह अथर्वशिरस् (अथर्ववेदकी उपनिषद्) है। इसका जो पाठ करता है, वह ब्रह्मत्वको प्राप्त करनेका अधिकारी हो जाता है। सब प्रकारके विघ्न उसके लिये बाधक नहीं होते। वह सब जगह सुख पाता है। वह पाँचों प्रकारके महान् पातकों तथा उपपातकोंसे मुक्त हो जाता है। सायंकाल पाठ करनेवाला दिनके पापोंका नाश करता है। प्रातः पाठ करनेवाला रात्रिके पापोंका नाश करता है। जो प्रातः-सायं दोनों समय इस पाठका प्रयोग करता है, वह निष्पाप हो जाता है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्षको प्राप्त करता है। इस अथर्वशीर्षको, जो शिष्य न हो, उसे नहीं देना चाहिये। जो मोहके कारण देता है, वह पातकी हो जाता है। सहस्र बार पाठ करनेसे जिन-जिन कामनाओंका उच्चारण करता है, उन-उनकी सिद्धि इसके द्वारा ही मनुष्य कर सकता है। इसके द्वारा जो गणपतिको स्नान कराता है, वह वक्ता बन जाता है। जो चतुर्थी तिथिको उपवास करके जपता है, वह विद्यावान् हो जाता है। यह अथर्वण-वाक्य है। जो इस मन्त्रके द्वारा तपश्चरण करना जानता है, वह कदापि भयको नहीं प्राप्त होता। जो दूर्वाङ्कुरोंके द्वारा भगवान् गणपतिका यजन करता है, वह कुबेरके समान हो जाता है। जो लाजोंके द्वारा यजन करता है, वह यशस्वी होता है, वह मेधावी होता है। जो सहस्र लड्डुओं (मोदकों) के द्वारा यजन करता है, वह वाञ्छित फलको प्राप्त करता है। जो घृतके सहित समिधासे यजन करता है, वह सब कुछ प्राप्त करता है, वह सब कुछ प्राप्त करता है। आठ ब्राह्मणोंको सम्यक् रीतिसे ग्रहण करानेपर सूर्यके समान तेजस्वी होता है। सूर्यग्रहणमें महानदीमें या प्रतिमाके समीप जपनेसे मन्त्रसिद्धि होती है। वह महाविघ्नसे मुक्त हो जाता है, महापातकसे मुक्त हो जाता है, महान् दोषसे मुक्त हो जाता है। जो इस प्रकार जानता है, वह सर्वज्ञ हो जाता है।

॥ अथर्ववेदीय गणपत्युपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

* 'एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि। तन्नो दन्ती प्रचोदयात्।'

† नमो व्रातपतये नमो गणपतये नमः प्रमथपतये नमस्तेऽस्तु लम्बोदरायैकदन्ताय विघ्नविनाशिने शिवसुताय श्रीवरदमूर्तये नमो नमः।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

सामवेदीय

जाबालदर्शनोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

योगके आठ अङ्ग और दस यमोंका वर्णन

सम्पूर्ण भूतोंकी उत्पत्ति और पालन करनेवाले चतुर्भुज भगवान् महाविष्णु महायोगी दत्तात्रेयके रूपमें अवतीर्ण हुए। दत्तात्रेयजी योग-साम्राज्य (के अधिपति-पद) पर दीक्षित हैं—वे योगमार्गके सम्राट् हैं। उनके शिष्य मुनिवर्य साङ्कृति नामसे प्रसिद्ध थे। वे गुरुके बड़े ही भक्त थे। एक दिन एकान्तमें गुरुजीकी सेवामें उपस्थित हो उन्होंने हाथ जोड़कर विनयपूर्वक पूछा—'भगवन् ! आठ अङ्गोंसहित योगका मेरे लिये विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिये, जिसके जान लेनेमात्रसे मैं जीवन्मुक्त हो जाऊँ' ॥ १–३ ॥

भगवान् दत्तात्रेयने कहा—'साङ्कृते ! सुनो, मैं तुम्हें आठ अङ्गोंसहित योगदर्शनका उपदेश करता हूँ। ब्रह्मन् ! यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—ये योगके आठ अङ्ग हैं। इनमेंसे यमके दस भेद हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव (सरलता), क्षमा, धृति, परिमित आहार और बाहर-भीतरकी पवित्रता ॥ ४–६ ॥

'तपोधन ! वेदमें बतायी हुई विधिके अतिरिक्त जो मन, वाणी और शरीरद्वारा किसीको किसी प्रकारका कष्ट दिया जाता या उसका प्राणोंसे वियोग कराया जाता है, वही वास्तविक हिंसा है; इसके सिवा दूसरी कोई हिंसा नहीं है (इस हिंसाका सर्वथा त्याग ही अहिंसा है)। मुने ! आत्मा सर्वत्र व्याप्त है, उसका शस्त्र आदिके द्वारा छेदन नहीं हो सकता। हाथों या इन्द्रियोंके द्वारा उसका ग्रहण होना भी सम्भव नहीं है—इस प्रकारकी जो बुद्धि है, उसे ही वेदान्तवेत्ता महात्माओंने श्रेष्ठ अहिंसा बताया है। मुनीश्वर ! नेत्र आदि इन्द्रियोंके द्वारा जो जिस रूपमें देखा, सुना, सूँघा और समझा हुआ विषय है, उसको उसी रूपमें वाणीद्वारा (अथवा संकेत आदिके द्वारा) प्रकट करना सत्य है। ब्रह्मन् ! इसके सिवा सत्यका और कोई प्रकार नहीं है। अथवा सब कुछ सत्यस्वरूप परब्रह्म परमात्मा ही है, परमात्माके सिवा दूसरी कोई वस्तु है ही नहीं—इस प्रकारका जो निश्चय है, उसीको वेदान्तज्ञानके पारगामी विद्वानोंने सबसे श्रेष्ठ सत्य कहा है। दूसरेके रत्न, सुवर्ण अथवा मुक्तामणिसे लेकर एक तृणके लिये भी मन न चलाना—दूसरोंकी छोटी या बड़ी किसी भी वस्तुके लिये मनमें कभी लोभ न लाना ही अस्तेय है। विद्वान् महापुरुषोंने इसीको अस्तेय (चोरी न करना) माना है। इसके अतिरिक्त महामुने ! जगत्के समस्त व्यवहारोंमें अनात्मबुद्धि रखकर उन्हें आत्मासे दूर रखनेका जो भाव है, उसीको आत्मज्ञ महात्माओंने अस्तेय कहा है। मन, वाणी और शरीरके द्वारा स्त्रियोंके सहवासका परित्याग तथा ऋतुकालमें (धर्मबुद्धिसे) केवल अपनी ही पत्नीसे सम्बन्ध—यही ब्रह्मचर्य कहा गया है। अथवा काम-क्रोधादि शत्रुओंको संताप देनेवाले मुनीश्वर ! मनको परब्रह्म परमात्माके चिन्तनमें संचरित करना—लगाये रखना ही सर्वोत्तम

ब्रह्मचर्य है। सब प्राणियोंको अपने ही समान समझकर उनके प्रति मन, वाणी और शरीरद्वारा आत्मीयताका अनुभव करना (अपनी ही भाँति उनके दुःखको दूर करने और उन्हें सुख पहुँचानेकी चेष्टा करना) ही वेदान्तवेत्ता महात्माओंके द्वारा दया कही गयी है। पुत्र, मित्र, स्त्री, शत्रु तथा अपने आत्मामें भी सदा मनका एक-सा भाव रखना ही मेरी दृष्टिमें आर्जव (सरलता) है—सर्वत्र समतापूर्ण भावको ही मैं आर्जव कहता हूँ। मुनिश्रेष्ठ! शत्रुओंद्वारा मन, वाणी और शरीरसे भी भलीभाँति पीड़ा दी जानेपर भी बुद्धिमें तनिक भी क्षोभ न आने देना ही क्षमा है। वेदसे ही (वैदिक आज्ञाओंके पालनसे ही) संसारको मोक्षकी प्राप्ति होती है, अन्यथा नहीं—इस प्रकारका जो दृढ़ निश्चय है, उसीको वैदिकोंने धृति कहा है। अथवा 'मैं आत्मा हूँ, आत्मासे भिन्न दूसरा कुछ नहीं हूँ'—इस निश्चयसे कभी विचलित न होनेवाली जो बुद्धि है, वही सर्वोत्तम धृति है। थोड़ी मात्रामें शुद्ध सात्त्विक अन्न ग्रहण करना, उदरके दो भाग अन्नसे और एक अंशको जलसे पूर्ण करके चतुर्थ अंशको खाली रख छोड़ना—इस प्रकार जो योगमार्गके अनुकूल भोजन है, वही परिमित आहार कहा जाता है। महामुने! मिट्टी और जलसे जो अपने शरीरके मलको छुड़ाया जाता है, उसे बाह्य शौच कहते हैं तथा मनके द्वारा शुद्ध भावोंका जो मनन है, उसे मानसिक शौच माना गया है। इसके अतिरिक्त मनीषी महात्मा 'मैं विशुद्ध आत्मा हूँ' इस ज्ञानको ही सर्वश्रेष्ठ शौच (पवित्रता) कहते हैं। यह शरीर अत्यन्त मलिन है और देहधारी आत्मा अत्यन्त निर्मल है, इस प्रकार शरीर और आत्माका अन्तर जान लेनेपर किसको पवित्र किया जाय! सुव्रत! जो मनुष्य ज्ञान-शौचका परित्याग करके बाह्य शौचमें ही रमा रहता है, वह मूढ़ सुवर्णको त्यागकर मिट्टीके ढेलेका संग्रह करता है। ज्ञानरूपी अमृतसे तृप्त एवं कृतार्थ हुए योगीके लिये कोई भी कर्तव्य शेष नहीं रहता; यदि रहता है तो वह तत्त्ववेत्ता नहीं है। आत्मज्ञ महात्माओंके लिये तीनों लोकोंमें भी कहीं कोई कर्तव्य नहीं है। इसलिये मुने! तुम सब प्रकारसे प्रयत्न करके अहिंसा आदि साधनोंके द्वारा अनुभवात्मक ज्ञान प्राप्त करके आत्माको अविनाशी ब्रह्मस्वरूप समझो' ॥ ७—२५ ॥

॥ प्रथम खण्ड समाप्त ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

दस नियमोंका वर्णन

'तप, संतोष, आस्तिकता, दान, ईश्वरपूजा, सिद्धान्तश्रवण, लज्जा, मति, जप और व्रत—ये दस नियम कहे गये हैं; इनका क्रमशः वर्णन करता हूँ, सुनो। वेदमें बताये हुए प्रकारसे कृच्छ्र और चान्द्रायण आदि व्रतोंद्वारा जो शरीरको सुखाया—उसे क्षीण किया जाता है, उसे ही विद्वान् पुरुष तप कहते हैं। मोक्ष क्या है तथा आत्मा कैसे और किस हेतुसे संसार-बन्धनको प्राप्त हुआ है, इन सब बातोंके विचारको ही तत्त्वज्ञ विद्वान् तप कहते हैं। दैवेच्छासे जो कुछ मिल जाय, उतनेसे ही मनुष्योंके हृदयमें जो सदा प्रसन्नता बनी रहती है, उसीको ज्ञान-मार्गपर चलनेवाले विद्वान् संतोष मानते हैं। अथवा सर्वत्र आसक्तिरहित होकर ब्रह्मा आदि देवताओं-के लोकतकके सुखोंसे वैराग्य होनेके कारण जो मनमें एक स्वाभाविक प्रसन्नता बनी रहती है, महात्मा पुरुष उसीको उत्तम संतोष मानते हैं। वेदों और स्मृतियोंमें बताये हुए धर्मपर दृढ़ विश्वास होनेको ही आस्तिकता कहते हैं। क्लेशमें पड़े हुए वेदज्ञ पुरुषोंको जो न्यायोपार्जित धन अथवा अन्य आवश्यक वस्तुएँ दी जाती हैं, उसीको मैं दान कहता हूँ॥ १—७॥

'राग आदि दोषोंसे रहित हृदय, असत्य आदिसे अदूषित वाणी और हिंसा आदि दोषोंसे मुक्त जो (भगवत्-प्रीत्यर्थ) कर्म हैं, उन्हींका नाम ईश्वर-पूजन है। सत्य, ज्ञान, अनन्त, सर्वोत्कृष्ट, नित्य—अविचल एवं परमानन्दस्वरूप वही अपना अन्तर्यामी आत्मा है—इस सिद्धान्तको बारंबार सुनना ही सिद्धान्त-श्रवण जानना चाहिये। वैदिक तथा लौकिक मार्गोंमें जो निन्दित कर्म माना गया है, उसको करनेमें जो स्वाभाविक संकोच होता है, उसे ही लज्जा कहा गया है। गुरुजनोंके कहनेपर भी वेद-विरुद्ध मार्गसे सम्बन्ध न रखते हुए सम्पूर्ण वैदिक उपदेशोंमें जो पूर्णतः श्रद्धा होती है, उसी-का नाम मति है। वेदोक्त रीतिसे ही मन्त्रोंकी बार-बार आवृत्तिको जप कहते हैं। इसके अतिरिक्त वेदोंकी ही भाँति कल्पसूत्र, धर्मशास्त्र, पुराण और इतिहासमें जो मनकी वृत्तियों-को निरन्तर लगाये रखना है—अर्थात् इतिहास-पुराण आदिका जो सदैव अनुशीलन करना है, उसीको मैं जप कहता हूँ। जप दो प्रकारका बताया गया है—वाचिक और मानसिक। वाचिक जप 'उच्चैः' और 'उपांशु'—दो प्रकारका माना गया

है। इसी प्रकार मानसिक जप भी मनन और ध्यानके भेदसे दो प्रकारका है। उच्चस्वरसे किये जानेवाले जपकी अपेक्षा उपांशु जप (अत्यन्त मन्दस्वरसे किया गया जप) हजारगुना उत्तम बताया गया है। इसी प्रकार उपांशुकी अपेक्षा मानसिक जप सहस्रगुना श्रेष्ठ कहा गया है। उच्चस्वरसे किया गया जप सब लोगोंको यथावत् फल देनेवाला होता है; परंतु यदि उस मन्त्रको नीच पुरुषोंने अपने कानोंसे सुन लिया तो वह निष्फल हो जाता है (शास्त्रीय पर्वोंपर उपवासादि करना तथा किसी प्रकारका नियम ग्रहण करना व्रत कहलाता है)' ॥ ८–१६ ॥

॥ द्वितीय खण्ड समाप्त ॥ २ ॥

तृतीय खण्ड

नौ प्रकारके यौगिक आसनोंका वर्णन

'मुनिश्रेष्ठ! आसन नौ प्रकारके हैं—स्वस्तिकासन, गोमुखासन, पद्मासन, वीरासन, सिंहासन, भद्रासन, मुक्तासन, मयूरासन और सुखासन। घुटनों और जाँघोंके बीचमें अपने दोनों पैरोंको भलीभाँति रखकर ग्रीवा, मस्तक और शरीरको समभावसे धारण किये रहना स्वस्तिकासन कहलाता है; इसका नित्य अभ्यास करना चाहिये। दाहिने पैरके गुल्फ (टखने) को बायीं ओरके पृष्ठभागतक और बायें पैरके गुल्फ (टखने) को दाहिनी ओरके पृष्ठभागतक ले जाय, इसीको गोमुखासन कहते हैं। विप्रवर! दोनों पैरोंको दोनों जाँघोंपर (व्युत्क्रमसे अर्थात् बायें पैरको दाहिनी जाँघपर और दाहिने पैरको बायीं जाँघपर) रखकर उनके अँगूठोंको दोनों हाथोंसे पीठके पीछेसे पकड़ ले। यही पद्मासन है। यह सम्पूर्ण रोगोंका भय दूर करनेवाला है। बायें पैरको दाहिनी जाँघपर रक्खे और शरीरको सीधा रखकर बैठे; इसको वीरासन कहा गया है। (दोनों टखनोंको अण्डकोषके नीचे सीवनीके दोनों पार्श्वोंमें ले जाय और उन्हें इस प्रकार रक्खे कि बायें टखनेसे सीवनीका दाहिना पार्श्व और दायें टखनेसे सीवनीका बायाँ पार्श्व लगा रहे। फिर दोनों हाथोंको घुटनोंपर रखकर सब अँगुलियोंको फैला दे। मुँहको खोलकर एकाग्रचित्त हो नासिकाके अग्रभागपर दृष्टि जमाये रक्खे। यह योगियोंद्वारा सदा सम्मानित होनेवाला सिंहासन कहा गया है।) दोनों टखनोंको अण्डकोषके नीचे सीवनीके दोनों पार्श्वभागोंमें (इस प्रकार) लगाकर रक्खे (कि पैरोंका अग्रभाग पीछेकी ओर मुड़ा रहे) और दोनों हाथोंसे पार्श्वभाग और पैरोंको दृढ़तापूर्वक बाँधकर स्थिरभावसे बैठ जाय—यह भद्रासन है, जो विषजनित रोगका नाश करनेवाला है। सीवनीकी सूक्ष्म रेखाको बायें टखनेसे दबाकर उस बायें टखनेको फिर दायें टखनेसे दबा दे तो यह मुक्तासन होता है। मुने! लिङ्गके ऊपरी भागमें बायें टखनेको रखकर फिर उसके ऊपर दाहिने टखनेको रख दे तो यह भी मुक्तासन कहलाता है। मुनिश्रेष्ठ! अपनी दोनों हथेलियोंको पृथ्वीपर टिकाकर, कोहनियोंके अग्रभागको नाभिके दोनों पार्श्वोंमें लगाये। फिर एकाग्रचित्त हो सिर और पैरको ऊँचा करके आकाशमें दण्डकी भाँति (पृथ्वीके समानान्तरमें) स्थित हो जाय। यह मयूरासन है, जो सब पापोंका नाश करनेवाला है। जिस-किसी प्रकार बैठनेसे सुख और धैर्य बना रहे, वह सुखासन कहा गया है। असमर्थ साधक इसी आसनका आश्रय ले। जिसने आसन जीत लिया, उसने मानो तीनों लोक जीत लिये। साङ्कृते! इसी विधिसे योगयुक्त होकर तुम सदा प्राणायाम किया करो' ॥ १–१३ ॥

॥ तृतीय खण्ड समाप्त ॥ ३ ॥

चतुर्थ खण्ड

नाड़ी-परिचय तथा आत्मतीर्थ और आत्मज्ञानकी महिमा

'साङ्कृते! मनुष्यका शरीर अपने हाथके मानसे ९६ अंगुलका होता है। इस शरीरका जो मध्यभाग है, उसमें अग्निका स्थान है। उसका रंग तपाये हुए सोनेके समान माना गया है। उसकी आकृति त्रिकोण है। यह मैंने तुमसे सत्य बात बतायी है। गुदासे दो अंगुल ऊपर और लिङ्गसे दो अंगुल नीचेका जो स्थान है, उसे ही मनुष्योंके शरीरका मध्यभाग समझो। वही मूलाधार है। मुनिश्रेष्ठ! वहाँसे नौ अंगुल ऊपर कन्दस्थान है। उसकी लंबाई-चौड़ाई चार-चार अंगुलकी है और आकृति मुर्गीके अंडेके समान है। वह ऊपरसे चमड़े आदिके द्वारा विभूषित है। मुनिपुङ्गव! उस कन्दस्थानके

मध्यभागमें नाभि है, यों योगवेत्ता महात्माओंने कहा है। कन्दके मध्यभागमें जो नाड़ी है, उसका सुषुम्नाके नामसे वर्णन हुआ है। उसके चारों ओर ७२ हजार नाड़ियाँ हैं। उनमें चौदह प्रधान हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं—सुषुम्ना, पिङ्गला, इडा, सरस्वती, पूषा, वरुणा, हस्तिजिह्वा, यशस्विनी, अलम्बुसा, कुहू, विश्वोदरा, पयस्विनी, शङ्खिनी और गान्धारा। ये ही चौदह नाड़ियाँ प्रधान मानी गयी हैं। इन चौदहमें भी प्रथम तीन ही सबसे प्रधान हैं। इनमें भी एक ही नाड़ी—सुषुम्ना सर्वश्रेष्ठ है। मुने! वेदान्तशास्त्रके ज्ञाता विद्वानोंने इसे ब्रह्मनाड़ी कहा है। पीठके मध्यभागमें जो वीणादण्ड (मेरुदण्ड) नामसे प्रसिद्ध हड्डियोंका समुदाय है, उससे होकर सुषुम्नानाड़ी मस्तकतक पहुँची हुई है। मुने! नाभि-कन्दसे दो अंगुल नीचे कुण्डलिनीका स्थान है। वह अष्टप्रकृतिरूपा[1] मानी गयी है। वह वायुकी यथावत् चेष्टा और जल तथा अन्न आदिको रोक करके ही सदा नाभि-कन्दके दोनों पार्श्वोंको घेरकर स्थित रहती है तथा ब्रह्मरन्ध्रके मुखको अपने मुखसे सदा आवेष्टित किये रहती है। सुषुम्नाके वाम-भागमें इडा और दक्षिण भागमें पिङ्गला स्थित है। सरस्वती और कुहू—ये दोनों सुषुम्नाके उभय पार्श्वोंमें स्थित हैं। गान्धारा और हस्तिजिह्वा—ये क्रमशः इडाके पृष्ठ और पूर्व भागोंमें स्थित हैं। पूषा और यशस्विनी क्रमशः पिङ्गलाके पृष्ठ और पूर्व भागोंमें स्थित हैं। कुहू और हस्तिजिह्वाके बीचमें विश्वोदरा नाड़ी है। यशस्विनी और कुहूके मध्य भागमें वरुणा नाड़ी प्रतिष्ठित है। पूषा और सरस्वतीके मध्यमें पयस्विनी नाड़ीकी स्थिति बतायी गयी है। गान्धारा और सरस्वतीके बीचमें शङ्खिनीका स्थान है। अलम्बुसा नाभिकन्दके मध्यभागसे होती हुई गुदातक फैली हुई है। सुषुम्नाका दूसरा नाम राका है। उसके पूर्वभागमें कुहू नामकी नाड़ी है। यह नाड़ी ऊपर और नीचे स्थित है। इसकी स्थिति दक्षिण नासिकातक मानी गयी है। इडा नामकी नाड़ी बायीं नासिकातक स्थित है। यशस्विनी नाड़ी दायें पैरके अँगूठेतक फैली हुई है। पूषा पिङ्गलाके पृष्ठभागसे होती हुई दायें नेत्रतक फैली हुई है और पयस्विनी नाड़ी विद्वानोंद्वारा दाहिने कानतक फैली हुई बतायी जाती है। सरस्वती नाड़ी ऊपरकी ओर जिह्वातक फैली हुई है। हस्तिजिह्वा नाड़ी बायें पैरके अँगूठेतक स्थित है। शङ्खिनी नामकी जो नाड़ी बतायी गयी है, वह बायें कानतक फैली हुई है। गान्धाराकी स्थिति वेदान्तज्ञोंद्वारा बायें नेत्रतक बतायी गयी है। विश्वोदरा नामकी नाड़ी नाभिकन्दके मध्यमें स्थित है॥ १—२२॥

'प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान, नाग, कूर्म, कृकर (कृकल), देवदत्त और धनञ्जय—ये दस प्राणवायु सब नाड़ियोंमें सञ्चरण करते हैं। इन दसोंमें प्राण आदि पाँच ही मुख्य हैं। सुव्रत! इन पाँचोंमें भी प्राण और अपान ही श्रेष्ठ एवं आदरणीय माने गये हैं। इनमेंसे प्राण नामक वायु मुख और नासिकाके मध्यभागमें, नाभिके मध्यभागमें तथा हृदयमें नित्य निवास करता है। अपान वायु गुदा, लिङ्ग, जाँघों, घुटनों, सम्पूर्ण उदर, कटि, नाभि तथा पिण्डलियोंमें भी सदा वर्तमान रहता है। व्यान वायु दोनों कानों, दोनों नेत्रों, दोनों कंधों, दोनों टखनों, प्राणके स्थानों और कण्ठमें भी व्याप्त रहता है। उदान वायुकी स्थिति दोनों हाथों और पैरोंमें जाननी चाहिये। समान वायु निःसंदेह सम्पूर्ण शरीरमें व्याप्त होकर रहता है। नाग आदि पाँचों वायु चमड़ी और हड्डी आदिमें रहते हैं॥ २३—२९॥

'साङ्कृते! उच्छ्वास और निःश्वास (श्वासको भीतर ले जाना और बाहर निकालना) और खाँसना—ये प्राणवायुके कार्य हैं। मल-मूत्रादिका त्याग अपान वायुका कार्य है। मुनिपुङ्गव! समान वायु सब शरीरको सम अवस्थामें रखता है। उदान वायु ही ऊपरकी ओर गमन करता है। वेदान्ततत्त्वके ज्ञाता विद्वानोंका कहना है कि व्यानवायु ध्वनिका व्यञ्जक है। महामुने! डकार, वमन आदि नाग वायुका कार्य है। शरीरमें शोभा आदिका सम्पादन धनञ्जय वायुका कार्य बताया गया है। आँखोंका खोलना, मीचना आदि कूर्म नामक वायुकी प्रेरणासे होता है। कृकर (कृकल) नामकी वायु भूख-प्यासका कारण है। तन्द्रा और आलस्य देवदत्त वायुका कार्य बताया गया है॥ ३०—३४॥

'मुने! सुषुम्ना नाड़ीके देवता शिव और इडाके देवता भगवान् विष्णु हैं। पिङ्गला नाड़ीके ब्रह्माजी और सरस्वती नाड़ीके विराट् देवता हैं। पूषाके देवता पूषा नामक आदित्य हैं। वरुणा नाड़ीके देवता वायु हैं। हस्तिजिह्वा नामक नाड़ीके वरुण देवता हैं। मुनिश्रेष्ठ! यशस्विनी नाड़ीके देवता भगवान् भास्कर हैं। जलस्वरूप वरुण ही अलम्बुसा नाड़ीके देवता माने गये हैं। कुहूकी अधिष्ठात्री देवी क्षुधा हैं। गान्धारीके चन्द्रमा देवता हैं। इसी प्रकार शङ्खिनीके देवता भी चन्द्रमा

१. पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहङ्कार—ये आठ प्रकृतियाँ हैं।

ही हैं। पयस्विनीके देवता प्रजापति हैं। विश्वोदरा नाड़ीके अधिदेवता भगवान् अग्निदेव हैं ॥ ३५—३८ ॥

'वेदवेत्ताओंमें श्रेष्ठ मुनीश्वर! इडा नामकी नाड़ीमें नित्य ही चन्द्रमा सञ्चार करते हैं और पिङ्गला नाड़ीमें सूर्यदेव सञ्चरण करते हैं। पिङ्गला नाड़ीसे इडा नाड़ीमें जो संवत्सरात्मक प्राणमय सूर्यका संक्रमण होता है, उसे वेदान्ततत्त्वके ज्ञाता महर्षियोंने उत्तरायण कहा है। इसी प्रकार इडासे पिङ्गलामें जो प्राणात्मक सूर्यका संक्रमण होता है, वह दक्षिणायन कहा गया है। जब प्राण इडा और पिङ्गलाकी संधिमें आता है, उस समय, हे पुरुषश्रेष्ठ! इस शरीरके भीतर अमावस्या कही जाती है। जब प्राण मूलाधारमें प्रवेश करता है, उस समय हे तापसोंमें श्रेष्ठ विद्वद्वर! तपस्वियोंने आद्य विषुव नामक योगका उदय कहा है। मुनिश्रेष्ठ! जब प्राणवायु मूर्द्धा (सहस्रार) में प्रवेश करता है, उस समय तत्त्वका विचार करनेवाले महर्षियोंने अन्तिम विषुव योगकी स्थिति बतायी है। समस्त उच्छ्वास और निःश्वास मास-संक्रान्ति माने गये हैं। इडा नाड़ीद्वारा जब प्राण कुण्डलिनीके स्थानपर आ जाता है, तब हे तत्त्वज्ञशिरोमणि! चन्द्रग्रहण-काल कहा जाता है। इसी प्रकार जब प्राण पिङ्गला नाड़ीके द्वारा कुण्डलिनीके स्थानपर आता है, तब हे मुनिवर! सूर्यग्रहणकी वेला होती है ॥ ३९—४७ ॥

'अपने शरीरमें मस्तकके स्थानपर श्रीशैल नामक तीर्थ है। ललाटमें केदारतीर्थ है। हे महाप्राज्ञ! नासिका और दोनों भौंहोंके मध्यमें काशीपुरी है। दोनों स्तनोंकी जगहपर कुरुक्षेत्र है। हृदयकमलमें तीर्थराज प्रयाग है। हृदयके मध्यभागमें चिदम्बरतीर्थ है। मूलाधार-स्थानमें कमलालय तीर्थ है। जो इस आत्मतीर्थ (अपने भीतर रहनेवाले) का परित्याग करके बाहरके तीर्थोंमें भटकता रहता है, वह हाथमें रक्खे हुए बहुमूल्य रत्नको त्यागकर काँच खोजता फिरता है। भावनामय तीर्थ ही सर्वश्रेष्ठ तीर्थ है। भाव ही सम्पूर्ण कर्मोंमें प्रमाणभूत है। पत्नी और पुत्री दोनोंका आलिङ्गन किया जाता है, किंतु दोनोंमें भावका बहुत अन्तर होता है; पत्नीका आलिङ्गन दूसरे भावसे और पुत्रीका आलिङ्गन दूसरे भावसे किया जाता है। योगी पुरुष अपने आत्मतीर्थमें अधिक विश्वास और श्रद्धा रखनेके कारण जलसे भरे तीर्थों और काष्ठ आदिसे निर्मित देवप्रतिमाओंकी शरण नहीं लेते। महामुने! बाह्यतीर्थसे श्रेष्ठ आन्तरिक तीर्थ ही है। आत्मतीर्थ ही महातीर्थ है; उसके सामने दूसरे तीर्थ निरर्थक हैं। शरीरके भीतर रहनेवाला दूषित चित्त बाह्यतीर्थोंमें गोते लगानेमात्रसे शुद्ध नहीं होता, जैसे मदिरासे भरा हुआ घड़ा ऊपरसे सैकड़ों बार जलसे धो लिया जाय तो भी वह अपवित्र ही रहता है। अपने भीतर होनेवाले जो विषुव-योग, उत्तरायण-दक्षिणायन काल और सूर्य-चन्द्रमाके ग्रहण हैं, उनमें नासिका और भौंहोंके मध्यमें स्थित वाराणसी आदि तीर्थोंमें भावनाद्वारा स्नान करके मनुष्य शुद्ध हो सकता है। मुनिश्रेष्ठ! ज्ञानयोगमें तत्पर रहनेवाले महात्माओंका चरणोदक अज्ञानी मनुष्योंके अन्तःकरणको शुद्ध करनेके लिये उत्तम तीर्थ है ॥ ४८—५६ ॥

'शिवस्वरूप परमात्मा इस शरीरमें ही प्रतिष्ठित हैं; इनको न जाननेवाला मूढ़ मनुष्य तीर्थ, दान, जप, यज्ञ, काठ और पत्थरमें ही सर्वदा शिवको ढूँढ़ा करता है। साङ्कृते! जो अपने भीतर नित्य-निरन्तर स्थित रहनेवाले मुझ परमात्माकी उपेक्षा करके केवल बाहरकी स्थूल प्रतिमाका ही सेवन करता है, वह हाथमें रक्खे हुए अन्नके ग्रासको फेंककर केवल अपनी कोहनी चाटता है। योगी पुरुष अपने आत्मामें ही शिवका दर्शन करते हैं, प्रतिमाओंमें नहीं। अज्ञानी मनुष्योंके हृदयोंमें भगवान्‌के प्रति भावना जाग्रत् करनेके लिये ही प्रतिमाओंकी कल्पना की गयी है ॥ ५७—५९ ॥

'जिससे भिन्न न कोई पूर्व है न पर (न कारण है, न कार्य), जो सत्य, अद्वितीय और प्रज्ञानघनस्वरूप है, उस आनन्दमय ब्रह्मको जो अपने आत्माके रूपमें देखता है, वही यथार्थ देखता है। महामुने! यह मनुष्यका शरीर नाड़ियोंका समुदायमात्र है, जो सदा सारहीन है। इसके प्रति आत्मभावका परित्याग करके बुद्धिके द्वारा यह निश्चय करो कि 'मैं' ही परमात्मा हूँ। जो इस शरीरमें रहकर भी इससे सदा भिन्न है, महान् है, व्यापक है और सबका ईश्वर है, उस आनन्दस्वरूप अविनाशी परमात्माको जानकर धीर पुरुष कभी शोक नहीं करता ॥ ६०—६२ ॥

'मुने! ज्ञानके बलसे भेदजनक अज्ञानका नाश हो जानेपर कौन आत्मा और ब्रह्ममें मिथ्या भेदका आरोप करेगा' ॥ ६३ ॥

॥ चतुर्थ खण्ड समाप्त ॥ ४ ॥

पञ्चम खण्ड

नाड़ी-शोधन एवं आत्मशोधनकी विधियाँ

साङ्कृतिने पूछा—'ब्रह्मन्! नाड़ीकी शुद्धि कैसे होती है, यह मुझे ठीक-ठीक और संक्षेपमें बताइये जिससे कि नाड़ी-शुद्धिपूर्वक सदा परमात्माका चिन्तन करते हुए मैं जीवन्मुक्त हो जाऊँ' ॥ १ ॥

भगवान् दत्तात्रेयने कहा—'साङ्कृते! सुनो, मैं संक्षेपसे नाड़ी-शुद्धिका वर्णन करता हूँ। शास्त्रोंके विधिवाक्योंद्वारा जो कर्म बतलाये गये हैं, उनमें कर्तव्यबुद्धिसे संलग्न रहे। कामना और फलप्राप्तिके संकल्पको त्याग दे। योगके यम आदि आठों अङ्गोंका सेवन करते हुए शान्त एवं सत्यपरायण रहे। अपने आत्माके चिन्तनमें ही स्थित रहे और ज्ञानी महापुरुषोंकी सेवामें उपस्थित हो उनसे भलीभाँति शिक्षा ले। तत्पश्चात् पर्वतशिखर, नदी-तट, बिल्व-वृक्षके समीप, एकान्त वन अथवा और किसी पवित्र एवं मनोरम प्रदेशमें आश्रम बनाकर एकाग्रचित्तसे वहाँ रहे। फिर वहाँ पूर्व या उत्तरकी ओर मुँह करके किसी आसनसे बैठे। ग्रीवा, मस्तक और शरीरको समान भावसे रखकर मुख बंद किये हुए भलीभाँति स्थिर हो जाय। नासिकाके अग्रभागपर चन्द्रमण्डलकी भावना करे और वहाँ प्रणवके बिन्दुमें तुरीयस्वरूप परमात्माको अमृतका स्रोत बहाते हुए नेत्रोंद्वारा प्रत्यक्ष देखे। उस समय चित्तको पूर्णतः एकाग्र रक्खे। फिर इडा नाड़ीके द्वारा (अर्थात् नासिकाके बायें छिद्रसे) प्राणवायुको खींचकर उदरमें भर ले और देहके मध्यमें स्थित जो अग्नि है, उसका ध्यान करे मानो उस वायुका सम्पर्क पाकर अग्निदेव ज्वालाओंके साथ प्रज्वलित हो उठे हों। फिर प्रणवके बिन्दु और नादसे संयुक्त अग्नि-बीज (रं) का चिन्तन करे। तदनन्तर बुद्धिमान् साधक पिङ्गला नाड़ी (अर्थात् नासिकाके दाहिने छिद्रद्वारा) प्राणवायुको विधिपूर्वक शनैः-शनैः बाहर निकाले। फिर पिङ्गला नाड़ीद्वारा पूर्ववत् प्राणवायुको खींचकर अपने भीतर भर ले और अग्निबीजका चिन्तन करे। उसके बाद इडा नाड़ीद्वारा फिर उसे धीरे-धीरे बाहर निकाल दे। इस प्रकार एकान्तमें लगातार तीन-चार दिनोंतक अथवा प्रतिदिन तीनों संध्याओंमें तीन-चार या छः बार यह क्रिया करे। इससे उसकी नाड़ी शुद्ध हो जाती है। फिर इस नाड़ीशुद्धिके पृथक् चिह्न भी उपलक्षित होते हैं। शरीर हल्का हो जाता है, जठराग्नि उद्दीप्त हो जाती है और अनाहतनादकी अभिव्यक्ति होने लगती है। यह चिह्न सिद्धिका सूचक है। जबतक यह चिह्न दिखायी न दे, तबतक इसी प्रकार अभ्यास करता रहे ॥ २–१२ ॥

'अथवा यह सब छोड़कर आत्मशुद्धिका अनुष्ठान करे। यह आत्मा सदा शुद्ध, नित्य, सुखस्वरूप तथा स्वयम्प्रकाश है। अज्ञानवश ही यह मलिन प्रतीत होता है। ज्ञान होनेपर यह सदा विशुद्धरूपमें ही प्रकाशित होता है। जो ज्ञानरूपी जलसे अज्ञानरूपी मल और कीचड़को धो डालता है, वही सर्वदा शुद्ध है; दूसरा नहीं। क्योंकि वह दूसरा मनुष्य ज्ञानकी अवहेलना करके लौकिक कर्मोंमें आसक्त है ॥ १३-१४ ॥

॥ पञ्चम खण्ड समाप्त ॥ ५ ॥

षष्ठ खण्ड

प्राणायामकी विधि, उसके प्रकार, फल तथा विनियोग

'साङ्कृते! अब मैं प्राणायामका क्रम बतलाता हूँ, इसे श्रद्धापूर्वक सुनो। पूरक, कुम्भक और रेचक—इन तीनोंसे जो प्राण-संयम सम्पन्न होता है, उसे प्राणायाम कहा गया है। ॐकारके जो तीन वर्ण अकार, उकार और मकार हैं, वे क्रमशः पूरक, कुम्भक और रेचकसे सम्बन्ध रखनेवाले बताये गये हैं। इन तीनों वर्णोंका समूह ही प्रणव कहा गया है। अतः प्राणायाम भी प्रणवमय ही है। इडा नाड़ीके द्वारा वायुको धीरे-धीरे भीतर खींचकर उसे उदरमें भरे और वहाँ स्थित षोडशमात्राविशिष्ट अकारका चिन्तन करे। तत्पश्चात् उस उदरमें भरी हुई वायुको कुछ कालतक धारण किये रहे और उस समय चौसठ मात्रासे विशिष्ट उकारके स्वरूपका चिन्तन करते हुए प्रणवका जप करता रहे। जबतक सम्भव हो, जपमें संलग्न रहकर वायुको धारण किये रहे। तदनन्तर विद्वान् पुरुष बत्तीस मात्राओंसे विशिष्ट मकारका चिन्तन करते हुए पिङ्गला नाड़ीके द्वारा धीरे-धीरे उस भरी हुई वायुको बाहर निकाले। यह एक प्राणायाम है। इसी प्रकार अभ्यास करता रहे ॥ १-६ ॥

'पुनः पिङ्गला नाड़ीके द्वारा वायुको धीरे-धीरे भीतर

भरते हुए षोडश मात्रासे विशिष्ट अकारस्वरूप प्रणवका एकाग्रचित्त होकर चिन्तन करे। जब वायु भर जाय तब विद्वान् पुरुष मन और इन्द्रियोंको वशमें रखते हुए चौसठ मात्राओंसे विशिष्ट उकारके स्वरूपका कुछ कालतक चिन्तन करे और प्रणवका जप करते हुए वायुको धारण किये रहे। इसके बाद बत्तीस मात्राओंसे विशिष्ट मकारका चिन्तन करते हुए इडा नाड़ीके द्वारा धीरे-धीरे वायुको निकाल दे। बुद्धिमान् पुरुष इसी प्रकार इडा नाड़ीके द्वारा वायुको भरते हुए पुनः अभ्यास करे। मुनीश्वर! इस प्रकार प्रतिदिन प्राणायामका अभ्यास करना चाहिये। नित्य ऐसा अभ्यास करनेसे मनुष्य छः महीनोंमें ज्ञानवान् हो जाता है। एक वर्षतक पूर्वोक्त प्रकारसे प्राणायाम करनेसे साधकको ब्रह्मका साक्षात्कार हो जाता है। इसलिये प्राणायामका नित्य अभ्यास करना चाहिये। जो मनुष्य योगाभ्यासमें संलग्न और सदा अपने धर्मके पालनमें तत्पर है, वह प्राणायामके द्वारा ही ज्ञान प्राप्त करके संसारसे मुक्त हो जायगा ॥ ७–११ ॥

'जिसके द्वारा बाहरसे वायुको उदरके भीतर भरा जाता है, वह पूरक है। जलसे भरे हुए कुम्भ (घड़े) की भाँति वायुको उदरमें धारण किये रहना कुम्भक कहलाता है और उस वायुको पुनः उदरसे बाहर निकालना रेचक कहलाता है ॥ १२–१३ ॥

'जो प्राणायाम प्रस्वेदजनक होता है अर्थात् जिसको करते समय शरीरमें पसीना निकल आता है, वह सब प्राणायामोंमें अधम माना गया है। यदि प्राणायाम करते समय शरीरमें कम्पन होने लगे तो उसे मध्यम श्रेणीका प्राणायाम समझना चाहिये; तथा यदि प्राणायामके समय शरीर ऊपरको उठता हुआ-सा जान पड़े तो उसे उत्तम माना गया है। जबतक उत्थानकारक प्राणायाम सिद्ध न हो जाय, तबतक पूर्वोक्त दोनों प्रकारके प्राणायामोंका ही अभ्यास करता रहे। उपर्युक्त उत्तम प्राणायामके सम्पन्न हो जानेपर विद्वान् पुरुष सुखी हो जाता है। सुव्रत! प्राणायामसे चित्त शुद्ध हो जाता है और विशुद्ध चित्तमें अन्तःप्रकाशस्वरूप शुद्ध आत्मतत्त्वका साक्षात्कार होने लगता है। प्राणायाममें संलग्न रहनेवाले महात्मा पुरुषका प्राण चित्तके साथ संयुक्त हो परमात्मामें स्थित हो जाता है और उसका शरीर कुछ-कुछ ऊपरको उठने लगता है। इससे ज्ञान होकर मोक्ष प्राप्त होता है। रेचक और पूरक छोड़कर विशेषतः कुम्भकका ही नित्य अभ्यास करना चाहिये। यों करनेवाला योगी सब पापोंसे मुक्त होकर उत्तम ज्ञानको प्राप्त कर लेता है। वह मनके समान वेगवान् होता एवं मनपर विजय पा जाता है। उसके शरीरमें बालोंका पकना आदि दोष दूर हो जाते हैं। प्राणायाममें अनन्य निष्ठा रखनेवाले पुरुषके लिये कुछ भी दुर्लभ नहीं है। इसलिये पूर्ण प्रयत्न करके प्राणायामोंका अभ्यास करे ॥ १४–२० ॥

'सुव्रत! अब मैं प्राणायामके विनियोग (रोगविशेषकी निवृत्तिके लिये उपयोग) बतलाता हूँ। दोनों संध्याओंके समय अथवा ब्राह्मवेलामें अथवा मध्याह्नके समय सदा बाहरकी वायुको भीतर खींचकर उदरमें भरने तथा उदर, नासिकाके अग्रभाग, नाभिके मध्यभाग और पैरके अँगूठेमें उस वायुको धारण करनेसे मनुष्य सब रोगोंसे मुक्त हो जाता है तथा सौ वर्षोंतक जीवित रहता है। उत्तम व्रतका पालन करनेवाले मुनीश्वर! नासिकाके अग्रभागमें धारण करनेसे भी प्राण-वायुपर विजय प्राप्त हो जाती है। नाभिके मध्यभागमें धारण करनेसे समस्त रोगोंका निवारण हो जाता है। ब्रह्मन्! पैरके अँगूठेमें वायुका निरोध करनेसे शरीरमें हल्कापन आता है। योगका साधन करनेवाला जो मनुष्य सदा जिह्वाके द्वारा वायु खींचकर उसे पीता रहता है, वह थकावट और जलनसे मुक्त होकर नीरोग रहता है। जिह्वाद्वारा वायुको खींचकर उसे जिह्वाके मूलभागमें ही रोक दें और शान्तभावसे (भावनाद्वारा) अमृतपान करे। यों करनेसे वह सब प्रकारके सुख प्राप्त कर लेता है। जो इडा नाड़ीके द्वारा वायुको खींचकर उसे भौंहोंके बीचमें धारण करता और (भावनाद्वारा) विशुद्ध अमृतका पान करता है, वह सब रोगोंसे मुक्त हो जाता है। वैदिक तत्त्वको जाननेवाले साङ्कृति मुनि! इडा और पिङ्गला नाड़ियोंके द्वारा वायुको खींचकर यदि उसे नाभिमें धारण करे तो उससे भी मनुष्य सब व्याधियोंसे मुक्त हो जाता है। यदि एक मासतक तीनों सन्ध्याओंके समय जिह्वाद्वारा धीरे-धीरे वायुको भीतर खींचकर और पूर्वोक्त अमृतपानकी भावना करते हुए उसे नाभिमें रोके रहे तो वात और पित्तसे उत्पन्न सम्पूर्ण दोष निःसन्देह नष्ट हो जाते हैं। दोनों नासिका-छिद्रोंद्वारा वायुको भीतर खींचकर यदि उसे दोनों नेत्रोंमें धारण करे तो नेत्रके रोग नष्ट हो जाते हैं और कानोंमें उसे रोकनेसे कानके सब रोग नष्ट हो जाते हैं। इसी प्रकार वायुको भीतर खींचकर यदि उसे मस्तकमें स्थापित करे तो सिरके सब रोग नष्ट हो जाते हैं। साङ्कृते! ये सब मैंने तुमसे सच्ची बातें बतायीं हैं ॥ २१—३१ ॥

'एकाग्रचित्त होकर स्वस्तिकासनसे बैठे और प्रणवका जप करते हुए धीरे-धीरे अपानवायुको ऊपरकी ओर उठाये

और कान आदि इन्द्रियोंको दोनों हाथोंसे भलीभाँति दबाये रक्खे—दोनों अँगूठोंसे दोनों कानोंको ढक ले, दोनों तर्जनी अँगुलियोंसे दोनों नेत्र आच्छादित कर ले तथा अन्य दो-दो अँगुलियोंसे नासिकाके दोनों छिद्रोंको बंद कर ले; इस प्रकार ऊपरकी सब इन्द्रियोंको आच्छादित करके उस वायुको तबतक मस्तकमें धारण किये रहे, जबतक आनन्दमय अमृतका आविर्भाव न हो जाय। महामुने! यों करनेसे ही प्राण ब्रह्मरन्ध्रमें प्रवेश करता है। हे निष्पाप सांकृति! जब वायु ब्रह्मरन्ध्रमें प्रवेश कर जाय तब पहले शङ्खध्वनिके समान एक गम्भीर नाद होने लगता है। बीचमें वह नाद मेघकी गर्जनाके समान हो जाता है। जब वायु मस्तकके मध्य भलीभाँति स्थित हो जाती है, उस समय पर्वतसे गिरते हुए झरनेकी कलकल-ध्वनिके समान शब्द होने लगता है। महामते! ऐसा होनेके पश्चात् योगी अत्यन्त प्रसन्नताका अनुभव करते हुए साक्षात् आत्माके सम्मुख हो जाता है। फिर आत्मतत्त्वका सम्यक् ज्ञान होता है और उस योगके प्रभावसे संसार-बन्धनका नाश हो जाता है॥ ३२–३७॥

'(अब प्राणवायुको जीतनेका दूसरा प्रकार बतलाते हैं—) गुदा और लिङ्गके बीचमें जो नाड़ी है, उसे सीवनी कहते हैं; क्योंकि वही शरीरके दो अर्धांशोंको सीलकर एक करती है। बुद्धिमान् मनुष्य अपने दायें और बायें रखनेसे उस सीवनीको स्थिरभावसे दबाकर बैठे और घुटनोंके नीचे जो सन्धि है, उसमें भगवान् त्र्यम्बकनामक ज्योतिर्लिङ्गकी भावना करे। साथ ही सरस्वतीदेवी और गणेशजीका भी ध्यान कर ले। फिर बिन्दुयुक्त प्रणवका जप करते हुए लिङ्गकी नलीके छिद्रद्वारा आगेकी ओरसे वायुको खींचकर उसे मूलाधारके मध्यमें स्थापित करे। वहाँ उस वायुको रोकनेसे वहाँकी अग्नि प्रदीप्त होकर कुण्डलिनीपर आरूढ़ हो जाती है। फिर उस अग्निको साथ लेकर वायु सुषुम्ना नाड़ीके द्वारा ऊपरको जाने लगती है। इस प्रकार अभ्यास करनेसे वायुपर विशेष रूपसे विजय प्राप्त हो जाती है॥ ३८—४२॥

'मुनिश्रेष्ठ! पहले पसीना निकलना, फिर कम्पन होना तत्पश्चात् शरीरका ऊपरकी ओर उठना—ये सब वायुपर विजय प्राप्त कर लेनेके चिह्न हैं। इस प्रकार अभ्यास करनेवाले पुरुषके सब रोग मूलतः नष्ट हो जाते हैं। साङ्कृते! भगन्दर तथा अन्य सब रोग भी मिट जाते हैं। बड़े और छोटे—सभी पातक नष्ट हो जाते हैं। पाप नष्ट हो जानेसे चित्त परम शुद्ध और दर्पणकी भाँति स्वच्छ हो जाता है। तत्पश्चात् हृदयमें ब्रह्मा आदि देवताओंके लोकोंतकमें प्राप्त होनेवाले भोगजनित सुखोंके प्रति वैराग्य उत्पन्न हो जाता है। इस प्रकार जो संसारसे विरक्त होता है, उसे कैवल्य-मोक्षका साधनभूत ज्ञान प्राप्त हो जाता है। उस ज्ञानसे नित्य कल्याणमय परमात्मदेवका तत्त्व जान लेनेके कारण सब प्रकारके बन्धनोंका सर्वथा नाश हो जाता है। जिसने एक बार भी ज्ञानमय अमृतरसका आस्वादन कर लिया, वह सब कार्योंको छोड़कर उसीकी ओर दौड़ पड़ता है। ज्ञानी पुरुष इस सम्पूर्ण जगत्को ज्ञानस्वरूप ही बताते हैं; जिनकी दृष्टि कुत्सित है, वे दूसरे-दूसरे अज्ञानी मनुष्य इस जगत्को विषयरूपमें देखते हैं। आत्मस्वरूपका भलीभाँति ज्ञान होनेपर अज्ञानका पूर्णतः नाश हो जाता है। और हे महाप्राज्ञ! अज्ञानके नष्ट हो जानेपर राग आदिका भी संहार हो जाता है। राग आदि न रहनेसे पुण्य-पापका भी लय हो जाता है। पुण्य-पापके न रहनेसे ज्ञानी मनुष्यको फिर शरीर धारण नहीं करना पड़ता॥ ४३–५१॥

॥ षष्ठ खण्ड समाप्त॥ ६॥

सप्तम खण्ड

प्रत्याहारके विविध प्रकार तथा फल

'महामुने! अब मैं प्रत्याहारका वर्णन करूँगा। विषयोंमें स्वभावतः विचरनेवाली इन्द्रियोंको बलपूर्वक वहाँसे लौटा लानेका जो प्रयत्न है, उसीको प्रत्याहार कहते हैं। 'मनुष्य जो कुछ देखता है, वह सब ब्रह्म है' यों समझते हुए ब्रह्ममें चित्तको एकाग्र कर लेना—यह ब्रह्मवेत्ताओंद्वारा बतलाया हुआ प्रत्याहार है। मनुष्य मरणकालतक जो कुछ भी शुद्ध या अशुद्ध कर्म करता है, वह सब परमात्माके लिये करे—परमात्माको ही उसे समर्पित कर दे; यह भी प्रत्याहार कहलाता है। अथवा नित्य और काम्य, सब प्रकारके कर्मोंको भगवान्की आराधनाके भावसे करे—उन कर्मोंद्वारा भगवान्की पूजा करे; इसे भी प्रत्याहार कहते हैं। अथवा वायुको एक स्थानसे खींचकर दूसरे स्थानपर स्थापित करे—दाँतके मूलभागसे वायुका आकर्षण करके उसे कण्ठमें स्थापित करे, कण्ठसे हृदयमें ले जाय, हृदयसे खींचकर उसे नाभि-प्रदेशमें स्थापित करे, नाभि-प्रदेशसे कुण्डलिनीमें ले जाकर रोके, कुण्डलिनीके स्थानसे हटाकर विद्वान् पुरुष उसे मूलाधारमें

स्थापित करे, तदनन्तर अपानवायुके स्थानसे उस वायुको हटाकर कटिके दोनों भागोंमें ले जाय और वहाँसे जाँघोंके मध्यभागमें ले जाय । जाँघोंसे दोनों घुटनोंमें, घुटनोंसे पिंडलियोंमें और पिंडलियोंसे पैरके अँगूठेमें ले जाकर उस वायुको रोके । प्रत्याहार-परायण महात्माओंने प्राचीन कालसे इसीको प्रत्याहार कहा है ॥ १—९ ॥

'इस प्रकार प्रत्याहारके अभ्यासमें लगे हुए महात्मा पुरुषके सब पाप तथा जन्म-मरणरूप व्याधि नष्ट हो जाती है। स्वस्तिकासनका आश्रय ले विद्वान् पुरुष स्थिरभावसे बैठे और नासिकाके दोनों छिद्रोंसे वायुको भीतर खींचकर उसे पैरसे लेकर मस्तकतकके स्थानोंमें पूर्ण कर दे । दोनों पैरोंमें, मूलाधारमें, नाभिकन्दमें, हृदयके मध्यभागमें, कण्ठके मूलभागमें, तालुमें, भौंहोंके मध्यभागमें, ललाटमें तथा मस्तकमें वायुको धारण करे । यह वायु-धारणात्मक प्रत्याहार है ॥ १०—१२ ॥

'विद्वान् पुरुष एकाग्रचित्त हो देहसे आत्मबुद्धिको हटाकर उसे स्वयं ही निर्द्वन्द्व एवं निर्विकल्पस्वरूप अपने आत्मामें स्थापित करे । वेदान्ततत्त्वके जाननेवाले महात्माओंने इसीको वास्तविक प्रत्याहार बताया है । इस प्रकार प्रत्याहारका अभ्यास करनेवाले पुरुषके लिये कुछ भी दुर्लभ नहीं है' ॥ १३—१४ ॥

॥ सप्तम खण्ड समाप्त ॥ ७ ॥

अष्टम खण्ड

धारणाके दो प्रकार

'सुव्रत ! अब मैं पञ्च धारणाओंका वर्णन करूँगा । अपने शरीरके भीतर जो आकाश है, उसमें बाह्य आकाशकी धारणा करे । इसी प्रकार प्राणमें बाहरी वायुकी, जठरानलमें बाह्य अग्निकी, शरीरगत जलके अंशमें ही बाह्य जल-तत्त्वकी तथा शरीरके पार्थिव भागमें ही समस्त पृथ्वीकी धारणा करे और प्रत्येक तत्त्वकी धारणाके समय क्रमशः हं, यं, रं, वं, लं—इन बीज-मन्त्रोंका उच्चारण करे । यह धारणा सर्वश्रेष्ठ बतायी गयी है; यह सब पापोंका नाश करनेवाली है । पैरसे लेकर घुटनेतकका भाग पृथिवीका अंश माना गया है । घुटनेसे लेकर गुदातकका भाग जलका अंश बताया जाता है । गुदासे ऊपर हृदयतकका भाग अग्निका अंश है । हृदयसे ऊपर भौंहोंके मध्यभागतक वायुका अंश है तथा मस्तकका भाग आकाशका अंश बताया गया है । हे महाप्राज्ञ ! पृथिवीके भागमें ब्रह्माका, जलके अंशमें भगवान् विष्णुका, अग्निके अंशमें महादेवजीका, वायुके अंशमें ईश्वरका तथा आकाशके अंशमें सदाशिवका ध्यान करे* ॥ १—६ ॥

'अथवा मुनिश्रेष्ठ ! तुमसे एक दूसरी धारणाका वर्णन करता हूँ । बुद्धिमान् पुरुष अन्तर्यामी पुरुष (आत्मा)में सबपर शासन करनेवाले बोधमय, आनन्दमय एवं कल्याणस्वरूप परमात्माकी प्रतिदिन धारणा करे । इससे सब पापोंकी शुद्धि हो जाती है । कार्यस्वरूप ब्रह्मा आदिका अपने-अपने कारणमें लय करके सबके परम कारण, अनिर्वचनीय तथा बुद्धिसे परे जो अव्यक्त परमात्मा हैं, उनकी अपने आत्मामें धारणा करे—अर्थात् ये साक्षात् पूर्णब्रह्म परमात्मा ही अन्तर्यामी आत्माके रूपमें विराजमान हैं, ऐसा निश्चय करे तथा इस प्रकार आत्मधारणा करते समय अपने मनको सम्पूर्ण कलाओंसे युक्त प्रणवस्वरूप परमात्मामें ही स्थापित करे । साथ ही मनके द्वारा समस्त इन्द्रियोंको भी अपने-अपने विषयोंसे हटाकर आत्मामें संयुक्त करे' ॥ ७—९ ॥

॥ अष्टम खण्ड समाप्त ॥ ८ ॥

नवम खण्ड

दो प्रकारके ध्यान तथा उनका फल

'अब मैं संसार-बन्धनका नाश करनेवाले ध्यानका प्रकार बतलाता हूँ । जो समस्त संसाररूपी रोगके एकमात्र औषध, ऊर्ध्वरेता, भयङ्कर नेत्रोंवाले, योगीश्वरोंके भी ईश्वर, विश्वरूप तथा महेश्वररूप हैं, उन ऋत एवं सत्यस्वरूप परब्रह्म परमात्माका अपने आत्मारूपसे आदरपूर्वक चिन्तन करे । अपनी बुद्धिमें यह निश्चय करे कि वह परब्रह्म परमात्मा मैं ही हूँ ॥ १-२ ॥

'अथवा ध्यानका दूसरा प्रकार यों है—जो सत्यस्वरूप, सबका ईश्वर, ज्ञानरूप, आनन्दमय, अद्वितीय, अत्यन्त निर्मल, नित्य तथा आदि, मध्य एवं अन्तसे रहित है, स्थूल प्रपञ्चसे

* यह पञ्चभूतोंकी धारणा 'रामतापनीयोपनिषद्' पृष्ठ ५३८ की टिप्पणीमें 'भूत-शुद्धि'के नामसे दी गयी है, उसको पढ़नेसे भूतधारणाका स्वरूप स्पष्ट हो जायगा ।

सर्वथा परे है, आकाशसे भिन्न है, स्पर्शमें आने योग्य वायुसे भी विलक्षण है, नेत्रोंसे दीख पड़नेवाले अग्नितत्त्वसे भी सर्वथा भिन्न है, रसस्वरूप जल और गन्धस्वरूप पृथिवीसे भी सर्वथा विलक्षण है, जिसे प्रत्यक्षादि प्रमाणोंद्वारा नहीं जाना जा सकता, जो अनुपम है, देहसे अतीत है, उस सच्चिदानन्द-स्वरूप एवं अन्तरहित परब्रह्मका अपने आत्माके रूपमें ध्यान करे; बुद्धिके द्वारा यह निश्चय करे कि वह परब्रह्म परमात्मा मैं ही हूँ। इस प्रकार किया हुआ निर्विशेषका ध्यान मोक्षका साधक होता है ॥ ३–५ ॥

'इस तरह ध्यानके अभ्यासमें लगे हुए महात्मा पुरुषको क्रमशः वेदान्तवर्णित ब्रह्मतत्त्वका विशेष ज्ञान हो जाता है, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है' ॥ ६ ॥

॥ नवम खण्ड समाप्त ॥ ९ ॥

दशम खण्ड

समाधि एवं उसका फल

'अब मैं संसार-बन्धनका नाश करनेवाली समाधिका वर्णन करूँगा। परमात्मा और जीवात्माकी एकताके विषयमें निश्चयात्मक बुद्धिका उदय होना ही समाधि है। यह आत्मा नित्य, सर्व-व्यापी, कूटस्थ—एकरस एवं सब प्रकारके दोषोंसे रहित है। यह एक होते हुए भी मायाजनित भ्रमके कारण भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है; स्वरूपतः उसमें कोई भेद नहीं है। अतः केवल अद्वैत ही सत्य है। प्रपञ्च या संसार नामकी कोई वस्तु नहीं है। जैसे आकाश ही घटाकाश और मठाकाशके नामसे पुकारा जाता है, उसी प्रकार अज्ञानी पुरुषोंने एक ही परमात्माको जीव और ईश्वर—इन दो रूपोंमें कल्पित कर लिया है। मैं न देह हूँ, न प्राण हूँ, न इन्द्रियसमुदाय हूँ और न मन ही हूँ; सदा साक्षीरूपमें स्थित होनेके कारण मैं एकमात्र शिवस्वरूप परमात्मा हूँ—मुनिश्रेष्ठ! इस प्रकारकी जो निश्चयात्मिका बुद्धि है, वही यहाँ समाधि कहलाती है ॥ १–५ ॥

'मैं वह परमात्मा ही हूँ, संसार-बन्धनमें बँधा हुआ जीव नहीं हूँ; इसलिये मुझसे भिन्न किसी भी वस्तुकी किसी भी कालमें सत्ता नहीं है। जैसे फेन और तरङ्ग आदि समुद्रसे ही उठते हैं और पुनः समुद्रमें ही लीन हो जाते हैं, उसी प्रकार यह जगत् मुझमें ही उत्पन्न और विलीन होता रहता है। अतः सृष्टिका कारणभूत समष्टि मन भी मुझसे पृथक् नहीं है। यह जगत् और माया भी मुझसे अलग कोई अस्तित्व नहीं रखते। इस प्रकार जिस पुरुषको ये परमात्मा अपने आत्मा-रूपसे अनुभव होने लगते हैं, वह परम पुरुषार्थस्वरूप साक्षात् परमामृतमय परमात्मभावको प्राप्त हो जाता है। जब योगीके मनमें सर्वत्र व्यापक आत्मचैतन्यका अपरोक्ष अनुभव होने लगता है, तब वह स्वयं परमात्मस्वरूपमें प्रतिष्ठित हो जाता है। जब ज्ञानी महात्मा सब भूतोंको अपनेमें ही देखता है और अपनेको ही सम्पूर्ण भूतोंमें प्रतिष्ठित देखता है, तब वह साक्षात् ब्रह्म हो जाता है। जब समाधिमें स्थित पुरुष परमात्मासे एकीभूत होकर अपनेसे भिन्न किसी भी भूतको नहीं देखता, तब वह केवल परमात्म-स्वरूपसे प्रतिष्ठित होता है। जब मनुष्य केवल अपने आत्मा-को ही परमार्थ—सत्यस्वरूप देखता है और सम्पूर्ण जगत्को मायाका विलासमात्र मानता है, तब उसे परमानन्दकी प्राप्ति हो जाती है।'

महामुनि भगवान् दत्तात्रेयजी इस प्रकार उपदेश देकर मौन हो गये तथा मुनिवर साङ्कृति उस उपदेशको हृदयङ्गम करके अपने यथार्थ स्वरूपसे स्थित हो अत्यन्त निर्भय स्थितिमें पहुँचकर सुखसे रहने लगे ॥ ६–१३ ॥

॥ दशम खण्ड समाप्त ॥ १० ॥

॥ सामवेदीय जाबालदर्शनोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु।

ॐ शान्तिः! शान्तिः!! शान्तिः!!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

कृष्णयजुर्वेदीय

शुकरहस्योपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ।
तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै ।
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम खण्ड

भगवान् शंकरका शुकदेवजीको उपदेश; 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्योंके षडङ्गन्यास

अब हम रहस्योपनिषद्की व्याख्या करते हैं । एक समय देवर्षिगणोंने पितामह ब्रह्माजीकी पूजा की और प्रणाम करके उनसे पूछा—'भगवन् ! हमें गूढ़ उपनिषत्तत्त्व बतलायें ।' तब ब्रह्माजीने कहा—पहले एक समय महातेजस्वी, समस्त वेदोंके ज्ञाता, तपोनिधि वेदव्यासने पार्वतीके साथ भगवान् शंकरको दण्डवत् प्रणाम करके, हाथ जोड़कर उनसे प्रार्थना की थी—॥ १ ॥

श्रीवेदव्यासजीने कहा—'देव-देव, महाप्राज्ञ, जीवके बन्धनको काटनेका दृढ़ व्रत धारण करनेवाले प्रभो ! मेरे पुत्र शुकदेवके वेदाध्ययनके लिये किये जानेवाले उपनयन-संस्कार-कर्ममें यह प्रणव एवं गायत्री-मन्त्रके उपदेशका समय आ गया है । अतः हे जगद्गुरो ! आप उन्हें ब्रह्म—प्रणव एवं परमात्म-तत्त्वका उपदेश करें' ॥ २-३ ॥

भगवान् शङ्करने कहा—'मेरे द्वारा कैवल्यस्वरूप साक्षात् सनातन परब्रह्मका उपदेश दिये जानेपर तुम्हारा पुत्र वैराग्य-पूर्वक सब कुछ छोड़कर स्वतः प्रकाशस्वरूपको प्राप्त कर लेगा । तात्पर्य यह कि मेरे द्वारा पुत्रको ब्रह्मज्ञानका उपदेश करानेका आग्रह करोगे तो पुत्र विरक्त हो जायगा' ॥ ४ ॥

श्रीवेदव्यासजीने प्रार्थना की—'महेश्वर ! मेरे पुत्रका जो भी होना हो, सो हो; किंतु इस उपनयन-कर्मके समय आपकी कृपासे, आपके द्वारा ब्रह्मज्ञानका उपदेश पाकर मेरा पुत्र शीघ्र ही सर्वज्ञ हो जाय ! आपकी कृपासे वह चारों प्रकारके (सायुज्य, सामीप्य, सारूप्य एवं सालोक्य) मोक्षोंको प्राप्त करे' ॥ ५-६ ॥

श्रीवेदव्यासजीकी ऐसी प्रार्थना सुनकर भगवान् शङ्कर प्रसन्न होकर सम्पूर्ण देवर्षियोंकी सभामें उपदेश देनेके लिये भगवती पार्वतीके साथ दिव्य आसनपर विराजमान हुए । तब कृत-कृत्य (सफलमनोरथ) श्रीशुकदेवजीने आकर अत्यन्त भक्तिपूर्वक उन (भगवान् शिव)से प्रणवकी दीक्षा ग्रहण की और फिर उन भगवान् शङ्करसे यह प्रार्थना की—'देवाधिदेव, सर्वज्ञ, सच्चिदानन्दस्वरूप, उमारमण, भूत-नाथ, दयानिधे ! आप प्रसन्न हों । आपने मुझे प्रणवके अन्तर्गत (प्रणवात्मारूप) एवं उससे परे स्थित परम ब्रह्मका उपदेश तो कर दिया; अब मैं विशेषतः **'तत्त्वमसि'**, **'प्रज्ञानं ब्रह्म'** प्रभृति चारों महावाक्योंका षडङ्गन्यास क्रमपूर्वक सुनना चाहता हूँ । सदाशिव प्रभो ! अब कृपा करके आप उनका रहस्य बतलायें' ॥ ७—११ ॥

भगवान् सदाशिव बोले—'हे ज्ञाननिधि शुकदेवजी ! मुने ! तुम अत्यन्त बुद्धिमान् हो । तुम्हें अनेकों साधुवाद । तुमने वेदोंमें छिपे हुए, पूछने योग्य रहस्यको ही पूछा है; अतः रहस्योपनिषद् नामसे प्रसिद्ध इस गूढ़ रहस्यमय उपदेशका षडङ्गन्यास-सहित वर्णन किया जाता है, जिसके भली प्रकार जान लेने मात्रसे साक्षात् मोक्ष प्राप्त होता है, इसमें सन्देह नहीं । फिर (नियम यह है कि) गुरु अङ्गहीन वाक्योंका उपदेश न करे । सभी महावाक्योंका उपदेश उनके षडङ्गके साथ ही करे । जैसे चारों वेदोंमें उपनिषद्भाग (ज्ञानकाण्ड) शिरःस्थानीय (सर्वोत्तम) है, वैसे ही समस्त उपनिषदोंमें यह रहस्यो-

पनिषद् शिरःस्थानीय (सर्वोत्तम) है। जिस विचारवान्ने रहस्योपनिषद्में उपदिष्ट ब्रह्मका ध्यान किया है, उसे पुण्यके हेतुभूत तीर्थ-स्नान, मन्त्रजप, वेद-पाठ तथा जपादिसे क्या प्रयोजन है। महावाक्योंके अर्थको सौ वर्षोंतक विचार करनेसे जो फल प्राप्त होता है, वह उनके ऋष्यादि-स्मरण तथा ध्यानपूर्वक एक बारके जपसे ही प्राप्त हो जाता है ॥१२-१७॥

[ऋष्यादि षडङ्गका पाठ करके पुनः उनका मस्तकादिमें न्यास करना चाहिये। वह इस प्रकार है —]

ॐ अस्य श्रीमहावाक्यमहामन्त्रस्य हंस ऋषिः। अव्यक्तगायत्री छन्दः। परमहंसो देवता। हं बीजम्। सः शक्तिः। सोऽहं कीलकम्। मम परमहंसप्रीत्यर्थे महावाक्यजपे विनियोगः।

[निम्न प्रकारसे दोनों हाथोंकी निर्दिष्ट अँगुलियोंका स्पर्श करते हुए न्यास करना चाहिये—]

'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
'नित्यानन्दो ब्रह्म' तर्जनीभ्यां स्वाहा।
'नित्यानन्दमयं ब्रह्म' मध्यमाभ्यां वषट्।
'यो वै भूमा' अनामिकाभ्यां हुम्।
'यो वै भूमाधिपतिः' कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

[फिर नीचेकी रीतिसे हृदयादिको स्पर्श करते हुए न्यास करना चाहिये।]

'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' हृदयाय नमः।
'नित्यानन्दो ब्रह्म' शिरसे स्वाहा।
'नित्यानन्दमयं ब्रह्म' शिखायै वषट्।
'यो वै भूमा' कवचाय हुम्।
'यो वै भूमाधिपतिः' नेत्रत्रयाय वौषट्।
'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' अस्त्राय फट्।

'भूर्भुवः सुवरोम्' इस मन्त्रसे दिग्बन्ध करना चाहिये।

ध्यान

नित्यानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिं
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्।
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतं
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि ॥*

॥ प्रथम खण्ड समाप्त ॥ १ ॥

द्वितीय खण्ड

'तत्त्वमसि' महावाक्यके प्रत्येक पदके पृथक्-पृथक् षडङ्गन्यास

महावाक्य चार हैं—१—**'ॐ प्रज्ञानं ब्रह्म'**। २—**'ॐ अहं ब्रह्मास्मि'**।३—**'ॐ तत्त्वमसि'** और ४—**'ॐ अयमात्मा ब्रह्म।'** इनमेंसे **'तत्त्वमसि'** इस अभेदवाचक (जीवब्रह्मके अभेदके प्रतिपादक) महावाक्यका जो लोग जप करते हैं, वे भगवान् शङ्करकी सायुज्यमुक्तिके अधिकारी होते हैं।

[**'तत्त्वमसि'** महावाक्यके 'तत्' पदरूप महामन्त्रके ऋषि आदिका स्मरण निम्नरूपसे करके उनका यथास्थान न्यास करना चाहिये—]

तत्पदमहामन्त्रस्य परमहंस ऋषिः। अव्यक्तगायत्री छन्दः। परमहंसो देवता। हं बीजम्। सः, शक्तिः। सोऽहं कीलकम्। मम सायुज्यमुक्त्यर्थे जपे विनियोगः।

[करन्यास]

'तत्पुरुषाय' अङ्गुष्ठाभ्यां नमः।
'ईशानाय' तर्जनीभ्यां स्वाहा।
'अघोराय' मध्यमाभ्यां वषट्।
'सद्योजाताय' अनामिकाभ्यां हुम्।
'वामदेवाय' कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
'तत्पुरुषेशानाघोरसद्योजातवामदेवेभ्यो नमः' करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

इन्हीं करन्यासके मन्त्रोंसे हृदयादिन्यास करके **'भूर्भुवः सुवरोम्'** इस मन्त्रसे दिग्बन्ध करना चाहिये।

ध्यान

ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यादतीतं
शुद्धं बुद्धं मुक्तमप्यव्ययं च।
सत्यं ज्ञानं सच्चिदानन्दरूपं
ध्यायेदेवं तन्महो भ्राजमानम् ॥†

---

* नित्यानन्दरूप, परमसुखदायी, कैवल्यरूप, ज्ञानमूर्ति, द्वन्द्वोंसे परे, आकाशके समान व्यापक एवं निर्लेप, 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्योंके लक्ष्य, एक, नित्य, निर्मल, स्थिर, सम्पूर्ण बुद्धियोंके साक्षिरूपमें अवस्थित, षड्भावविकारोंसे अतीत, त्रिगुणोंसे रहित, उन परमब्रह्मस्वरूप सद्गुरुदेवको हम नमस्कार करते हैं।

† ज्ञानके साधन एवं ज्ञानके विषय, तथा साथ ही ज्ञानकी गम्यतासे परे, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, अव्यय, सत्यस्वरूप, ज्ञानस्वरूप एवं सच्चिदानन्दस्वरूप प्रकाशमय रूपमें उस दिव्य प्रकाशका ध्यान करे।

[उसी 'तत्त्वमसि' महावाक्यके 'त्वम्' पदके ऋषि आदिका जप निम्न प्रकारसे करके उसका न्यास करना चाहिये।]

त्वंपदमहामन्त्रस्य विष्णुर्ऋषिः । गायत्री छन्दः । परमात्मा देवता । ऐं बीजम् । ह्रीं शक्तिः । सौः कीलकम् । मम मुक्त्यर्थे जपे विनियोगः ।

'वासुदेवाय' अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ।
'संकर्षणाय' तर्जनीभ्यां स्वाहा ।
'प्रद्युम्नाय' मध्यमाभ्यां वषट् ।
'अनिरुद्धाय' अनामिकाभ्यां हुम् ।
'वासुदेवाय' कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ।
'वासुदेवसंकर्षणप्रद्युम्नानिरुद्धेभ्यः' करतलकर-पृष्ठाभ्यां फट् ।

[यह करन्यास करके] इसी मन्त्रसे हृदयादिन्यास करना चाहिये । **'भूर्भुवः सुवरोम्'** इस मन्त्रसे दिग्बन्ध करना चाहिये ।

ध्यान

जीवत्वं सर्वभूतानां सर्वत्राखण्डविग्रहम् ।
चित्ताहङ्कारयन्तारं जीवाख्यं त्वंपदं भजे ॥*

[अन्तमें महावाक्यके अन्तिम तीसरे 'असि' पदके ऋषि आदिका एवं न्यास-मन्त्रोंका उल्लेख किया जाता है ।]

'असि'पदमहामन्त्रस्य मन ऋषिः । गायत्री छन्दः । अर्धनारीश्वरो देवता । अव्यक्तादिर्बीजम् । नृसिंहः शक्तिः । परमात्मा कीलकम् । जीवब्रह्मैक्यार्थे जपे विनियोगः ।

'पृथ्वीद्व्यणुकाय' अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ।
'अब्द्व्यणुकाय' तर्जनीभ्यां स्वाहा ।
'तेजोद्व्यणुकाय' मध्यमाभ्यां वषट् ।
'वायुद्व्यणुकाय' अनामिकाभ्यां हुम् ।
'आकाशद्व्यणुकाय' कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ।
'पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशद्व्यणुकेभ्यः' करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् ।

[इस मन्त्रसे करन्यास करके इसी प्रकार हृदयादि-न्यास करे ।] **'भूर्भुवः सुवरोम्'** इस मन्त्रसे दिग्बन्ध कर ले ।

ध्यान

जीवो ब्रह्मेति वाक्यार्थं यावदस्ति मनःस्थितिः ।
ऐक्यं तत्त्वं लये कुर्वन्ध्यायेदसिपदं सदा ॥†

इस प्रकार महावाक्यके षडङ्ग (-न्यास) बतलाये गये ।

॥ द्वितीय खण्ड समाप्त ॥ २ ॥

तृतीय खण्ड

चारों महावाक्योंकी पदविन्यासपूर्वक व्याख्या

अब रहस्योपनिषद्के विभागके अनुसार वाक्योंका अर्थ बतलानेवाले श्लोक कहे जाते हैं । [वाक्यार्थ श्लोकोंमें है, और श्लोकोंका भाव इस प्रकार है-] जिसके द्वारा (प्राणी) देखता है, इस जगत्के विषयोंको सुनता है, सूँघता है, वाणी-द्वारा कहता है और स्वादिष्ठ या अस्वादिष्ठको पहचानता है (रसज्ञान करता है), उसे **'प्रज्ञान'** कहा गया है । चतुर्मुख ब्रह्माजी, देवराज इन्द्र, देवगण, मनुष्य एवं घोड़े, गाय प्रभृति पशुओंमें एक ही चेतनतत्त्व ब्रह्म है । वही प्रज्ञान (ज्ञानरूप) ब्रह्म मुझमें भी है ॥ १-२ ॥

ब्रह्मविद्याको प्राप्त करनेके अधिकारी इस (मानव) देहमें परिपूर्ण परमात्मा बुद्धिके साक्षिरूपसे अवस्थित होकर स्फुरित होनेपर **'अहं'** कहे जाते हैं । स्वतः पूर्ण परात्मा यहाँ **'ब्रह्म'** शब्दसे वर्णित हैं, तथा **'अस्मि'** (मैं हूँ) यह पद उनके साथ अपनी एकताका बोध कराता है, अतः मैं ब्रह्मस्वरूप ही हूँ ॥ ३-४ ॥

''उसके मध्यमें सुदर्शन नामक महाचक्र है। 'वह (नित्य) गतिशील, पवित्र, विस्तृत एवं पुरातन है, जिसके द्वारा पवित्र होकर मनुष्य पापोंसे तर जाता है—उस पवित्र, शुद्ध, परमपावन चक्रके द्वारा पवित्र होकर हम अतिपापरूप शत्रुको पार कर जायँगे। वह गतिशील चक्र भगवद्धामका द्वाररूप है; वह ज्वालाओंसे परिपूर्ण, पवित्र, ज्योतिर्मय, अतिशय प्रकाशमान, अत्यन्त तेजस्वी तथा अमृतकी असंख्य धाराओंको स्रवित करनेवाला चक्र हमको लोकमें सुबुद्धियुक्त बनाये।' [श्रुति इस प्रकार जिसकी स्तुति करती है, वह] दस सहस्र अरोंसे युक्त, प्रज्वलित, दस सहस्र अरोंका समष्टिरूप एवं निरतिशय पराक्रमका विलास है, वह अनन्त दिव्यायुधों एवं दिव्य शक्तियोंका समष्टिरूप, महाविष्णुका मूर्तिमान् अमोघ प्रताप अयुतायुत-कोटि योजन विशाल, अनन्त ज्वाला-मालाओंसे अलङ्कृत, समस्त दिव्य मङ्गलोंका निदान (आदिकारण) तथा अनन्त दिव्य तीर्थोंका निज मन्दिरस्वरूप सुदर्शन महाचक्र इस प्रकार प्रज्वलित होता रहता है ॥ ३–६ ॥

'उस (चक्र) के नाभिमण्डलस्थानमें निरतिशय आनन्द-मयी दिव्य तेजोराशि लक्षित होती है। उसके मध्यमें सहस्रार-चक्र प्रज्वलित है। वह (सहस्रारचक्र) अखण्ड दिव्य तेजोमण्डलके आकारका तथा परमानन्दमय विद्युत्-पुञ्जके समान उज्ज्वल है। उसके मध्यमें छः सौ अरोंका चक्र प्रज्वलित है। उसका भी स्वरूप अमित, परम तेजोमय, श्रेष्ठविहारका स्थान एवं विज्ञानका घनीभूत पुञ्ज है। उसके मध्यमें तीन सौ अरोंवाला चक्र प्रकाशित है। वह भी परम कल्याणका विलास-स्वरूप, तथा अनन्त चिन्मय सूर्योंका समष्टिरूप है। उसके भीतर सौ अरोंका चक्र प्रकाशमान है। वह भी परम तेजोमण्डल-रूप है। उसके बीचमें साठ अरोंका चक्र प्रकाशित है। वह ब्रह्मतेजका परम विलासरूप है। उसके भीतरी भागमें षट्कोण-चक्र प्रज्वलित है। वह अपरिच्छिन्न अनन्त दिव्य तेजोराशिस्वरूप है। उसके भीतर महानन्दपद्म शोभित है। उसकी कर्णिकामें चिन्मय सूर्य, चन्द्र तथा अग्निके मण्डल प्रज्वलित हैं। वहाँ निरतिशय दिव्य तेजोराशि दिखायी पड़ती है। उसके भीतरी भागमें एक साथ उदित अनन्तकोटि सूर्योंके समान प्रकाशमय सुदर्शन-पुरुष विराजमान हैं। सुदर्शन-पुरुष महाविष्णु ही हैं; क्योंकि वे महाविष्णुके समस्त असाधारण चिह्नोंसे चिह्नित हैं।

'उपासक इस प्रकार सुदर्शन-पुरुषका ध्यान करके अनेक प्रकारके उपचारोंसे उनकी आराधना करके प्रदक्षिणा तथा नमस्कार करता है; फिर वह उपासक उनके द्वारा भी भली प्रकार पूजित होकर, उनकी आज्ञा प्राप्तकर ऊपर-ऊपरको जाता हुआ परमानन्दमय अनन्त वैकुण्ठोंको देखकर परमानन्द प्राप्त करता है ॥ ७–१५ ॥

'उससे ऊपर विविध विचित्र अनन्त चिद्विलासमय विभूति-स्वरूपोंको पार करके, तथा अनन्त परमानन्द-विभूतिके समष्टि-रूप अनन्त निरतिशय आनन्द-समुद्रोंको लाँघकर उपासक क्रमशः अद्वैत-संस्थान (धाम) को प्राप्त होता है ॥ १६ ॥

'अद्वैत-संस्थान (कैवल्यधाम) कैसा है ? अखण्ड

आनन्दस्वरूप, अनिर्वचनीय, अमितबोधसागर, अपार आनन्द-का समुद्र, विजातीय विशेषताओं (विशेषों) से रहित, सजातीय विशेषताओंसे युक्त, निरवयव, निराधार, निर्विकार, निरञ्जन, अनन्त, ब्रह्मानन्द-समष्टिका घनीभाव, परमचिद्विलासका समष्टि-स्वरूप, निर्मल, निष्कलङ्क एवं दूसरे किसीके आश्रयसे रहित है। अत्यन्त निर्मल अनन्तकोटि सूर्योंके प्रकाश उसके सम्मुख एक चिनगारीके समान हैं; जो अनन्त उपनिषदोंका अर्थ-स्वरूप, समस्त प्रमाणोंसे अतीत, मन एवं वाणीका अविषय और नित्यमुक्तस्वरूप है। उसका कोई आधार नहीं है; वह आदि-मध्य-अन्तरहित, कैवल्यरूप, परम शान्त, सूक्ष्मसे भी सूक्ष्मतर, महान्‌से भी परम महान्, अमित आनन्दस्वरूप, शुद्ध बोध-आनन्द-ऐश्वर्यरूप, अनन्त आनन्दमय स्वरूपोंका समष्टिरूप, अविनाशी, अनिर्देश्य, कूटस्थ (निर्विकार), अचल, ध्रुव, दिशा-देश एवं कालसे रहित, भीतर और बाहरसे भी सम्पूर्ण जगत्-को व्याप्त करके परिपूर्ण, परम योगियोंद्वारा अन्वेषणीय, देश-काल तथा वस्तुके परिच्छेदसे रहित, निरन्तर नूतन, नित्य परिपूर्ण, अखण्ड आनन्द अमृतरूप, शाश्वत, परमपद, निरतिशय आनन्दमय अनन्त विद्युत्पर्वतोंके समान, अद्वितीय, तथा अपने ही प्रकाशसे निरन्तर प्रकाशित है। (वहाँ) परमानन्दस्वरूप अपरिच्छिन्न अनन्त परम ज्योति, जो शाश्वत है, निरन्तर प्रकाशमान है ॥ १७-१८ ॥

'उसके भीतर बोधानन्द-महोज्ज्वल, नित्य मङ्गल-मन्दिर, चिन्मय समुद्रके मन्थनसे उत्पन्न चित्साररूप, अनन्त आश्चर्योंका सागर, अमित तेजोराशिके अन्तर्गत विशेष तेजः-स्वरूप, अनन्त आनन्द-प्रवाहोंसे अलङ्कृत निरतिशय आनन्द-सागर-स्वरूप, निरुपम, नित्य, निर्दोष, निरतिशय, निस्सीम तेजोराशिरूप, निरतिशय आनन्दस्वरूप सहस्रों प्राकारों (चहारदीवारियों) से अलङ्कृत, शुद्ध बोधमय भवनसमूहोंसे भूषित, चिदानन्दमय अनन्त दिव्य उपवनोंसे सुशोभित, निरन्तर होनेवाली अपार पुष्पवर्षासे चारों ओरसे व्याप्त धाम है। वही त्रिपाद्विभूति वैकुण्ठ-स्थान है।

'वही परम कैवल्य है। वही अबाधित परमतत्त्व है। वही अनन्त उपनिषदोंद्वारा अन्वेषणीय पद है। वही समस्त परम-योगियों तथा मुमुक्षुओंद्वारा चाहा जाता है। वही घनीभूत सत् है। वही घनीभूत चित् है। वही घनीभूत आनन्द है। वही घनीभूत शुद्धबोधरूप अखण्ड आनन्दमय ब्रह्मचैतन्यका अधिदेवता-स्वरूप है। सबका अधिष्ठान, अद्वय परब्रह्मका विहार-मण्डल, निरतिशय आनन्दरूप तेजोमण्डल, अद्वैत परमानन्दरूप परब्रह्मका परम अधिष्ठानरूप मण्डल, निरतिशय परमानन्दका परममूर्तस्वरूप मण्डल, अनन्त श्रेष्ठ मूर्तियोंका समष्टिरूप मण्डल, निरतिशय परमानन्दरूप-स्वरूप परमब्रह्मकी परममूर्तिरूप परमतत्त्वके विलासका स्वरूपभूत मण्डल, बोधानन्दमय अनन्त परम विलासोंकी विभूतियोंका समष्टिरूप मण्डल, अनन्त चिद्विलासकी विभूतियोंका समष्टिरूप मण्डल, अखण्ड शुद्ध चैतन्यका निजमूर्तिरूप विग्रह, वाणीके अगोचर अनन्त शुद्धबोधका विग्रहरूप, अनन्त आनन्दसमुद्रों-का समष्टिरूप, अनन्त बोधस्वरूप पर्वतों तथा अनन्त बोधानन्द-रूप पर्वतोंसे अधिष्ठित, निरतिशय आनन्द एवं परम मङ्गलमय स्वरूपोंका समष्टिरूप, अखण्ड अद्वैत परमानन्दस्वरूप परब्रह्मकी परममूर्तिके परम तेजःपुञ्जका पिण्डरूप, चिद्रूप (ज्ञानस्वरूप) सूर्यका मण्डलरूप तथा बत्तीस विभिन्न व्यूहोंसे अधिष्ठित है। केशवादि चौबीस व्यूह, सुदर्शन आदिके न्यास-मन्त्र, सुदर्शनादि यन्त्रोंका उद्धार, अनन्त-गरुड़-विष्वक्सेनादि (पार्षद) तथा निरतिशय आनन्दरूप भी उसीमें हैं ॥ १९-२० ॥

'उपर्युक्त आनन्द-व्यूहके बीचमें सहस्रकोटि योजन विस्तीर्ण उन्नत चिन्मय प्रासाद है। (वह) ब्रह्मानन्दमय करोड़ों विमानसे युक्त एवं अत्यन्त मङ्गलस्वरूप है। अनन्त उपनिषदोंके अर्थ-स्वरूप उपवन-समुदायोंसे भरा है। सामवेदरूपी हंसोंके कलनादसे उसकी अत्यन्त शोभा होती है। आनन्दमय अनन्त शिखरोंसे वह अलङ्कृत है। चिदानन्द-रसके झरनोंसे व्याप्त है। अखण्डा-नन्दरूप तेजोराशिके भीतर स्थित है। अनन्त आनन्दमय आश्चर्योंका समुद्र है। उसके भीतरी भागमें निरतिशय आनन्दस्वरूप प्रणव नामक विमान है, जिसका प्राकार अनन्तकोटि सूर्योंके प्रकाशसे भी अतिशय प्रकाशमय है (वह विमान) आनन्दमय शतकोटि शिखरोंसे जगमगा रहा है। उसके भीतर बोधानन्द-पर्वतके ऊपर अष्टाक्षरीमण्डप सुशोभित है। उस (मण्डप) के मध्यमें आनन्दवनसे विभूषित चिदानन्दमयी वेदिका है। उसके ऊपर निरतिशयानन्दस्वरूप तेजोराशि प्रज्वलित हो रही है। उसके भीतर अष्टाक्षरी पद्मसे विभूषित चिन्मय आसन विराजमान है। उस (आसनरूप पद्म) की प्रणवरूपी कर्णिकापर चिन्मय सूर्य, चन्द्र तथा अग्निके मण्डल (क्रमशः एकके ऊपर एक) प्रज्वलित हैं। वहाँ अखण्ड आनन्दरूप तेजोराशिके भीतर परम मङ्गलाकार अनन्तासन विराजमान है। उसके ऊपर महायन्त्र प्रज्वलित है। निरतिशय ब्रह्मानन्दकी परममूर्तिरूप वह महायन्त्र समस्त ब्रह्मतेजकी राशिका समष्टिस्वरूप, चित्स्वरूप, निर्मल, परब्रह्म-स्वरूप, एवं परब्रह्मका परम रहस्यमय कैवल्यरूप है।

महायन्त्रमय परम वैकुण्ठका यह नारायणयन्त्र विजयी होता है ॥ २१–२९ ॥

'उसका स्वरूप कैसा है ?' शिष्यके इस प्रकार पूछनेपर गुरु 'वह ऐसा है' कहकर (यन्त्रका स्वरूप) बतलाते हैं—"पहले षट्कोण चक्र बनाना चाहिये। उसके मध्यमें छः दलोंका कमल अङ्कित करे। उस कमलकी कर्णिकापर प्रणव (ॐ) लिखे। प्रणवके बीचमें नारायणका बीज-मन्त्र (अं) लिखे। वह बीज-मन्त्र साध्यगर्भित होना चाहिये। अर्थात् उसके साथ जिस उद्देश्यसे यन्त्र-पूजा करनी हो, उसका सूचक **'मम सर्वाभीष्टसिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा'** यह वाक्य लिखना चाहिये[1]। कमलके दलोंपर विष्णु एवं नृसिंहके षडक्षर मन्त्रोंको लिखना चाहिये।* विष्णु-षडक्षर मन्त्र **'ॐ विष्णवे नमः'** और नृसिंह-षडक्षर मन्त्र **'ऐं क्लीं श्रीं ह्रीं क्ष्रौं फट्'** है। दल-कपोलोंमें (दो दलोंके मध्यमें) श्रीराम तथा श्रीकृष्णके षडक्षर मन्त्रोंको लिखे। राम-षडक्षर मन्त्र **'रां रामाय नमः'** और कृष्ण-षडक्षर मन्त्र **'क्लीं कृष्णाय नमः'** है। षट्कोण चक्रके छः कोणोंमें **'सहस्रार हुं फट्'** यह सुदर्शन-षडक्षर मन्त्र लिखे। छहों कोण-कपोलोंमें (दो कोनोंके मध्य अर्थात् रेखाओंके सामने बाहर) **'ॐ नमः शिवाय'** यह प्रणव-युक्त शिव-पञ्चाक्षर मन्त्र लिखे ॥ ३० ॥

"उस (षट्कोण चक्र) के बाहर प्रणवको इस प्रकार मालाकी भाँति लिखे कि वृत्त बन जाय। वृत्तके बाहर अष्टदल कमल बनाये। उसके दलोंपर **'ॐ नमो नारायणाय'** यह नारायण-अष्टाक्षर मन्त्र और **'जय जय नरसिंह'** यह नृसिंह-अष्टाक्षर मन्त्र लिखे। दलोंके बीचके स्थानोंपर राम, कृष्ण तथा श्रीकरके अष्टाक्षर मन्त्र लिखे। मन्त्र क्रमशः ये हैं—**'ॐ रामाय हुं फट् स्वाहा' 'क्लीं दामोदराय नमः' 'उत्तिष्ठ श्रीकर स्वाहा'** ॥ ३१ ॥

"उस (अष्टदल कमल) के बाहर प्रणवके मालाकी तरह लिखते हुए वृत्ताकार बना दे। वृत्तके बाहर नौ दलोंका कमल बनाये। कमलके दलोंमें (क्रमशः) राम, कृष्ण एवं हयग्रीवके नवाक्षर मन्त्र लिखे। मन्त्र क्रमशः ये हैं—**'ॐ रामचन्द्राय नमः ॐ', 'क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय क्लीं', 'ह्सौं हयग्रीवाय नमः ह्सौं।'** दलोंके मध्यमें **'ॐ दक्षिणामूर्तिरीश्वरोम्'** यह दक्षिणामूर्ति-नवाक्षर मन्त्र लिखे ॥३२॥

"उसके बाहर नारायण-बीज (**अं**) से युक्त (अर्थात् **अं अं** लिखते हुए) वृत्त बनाये। वृत्तसे बाहर दस दलोंका कमल बनाये। उन दलोंपर राम तथा कृष्णके दशाक्षर मन्त्र लिखे। वे मन्त्र ये हैं—**'हुं जानकीवल्लभाय स्वाहा' 'गोपीजनवल्लभाय स्वाहा'**। दलोंके संधिस्थानोंमें **'ॐ नमो भगवते श्रीमहानृसिंहाय कालदंष्ट्रवदनाय मम विघ्नान् पच पच स्वाहा'** यह नृसिंह-माला-मन्त्र लिखे ॥३३॥

"दशदल कमलके बाहर नृसिंहके एकाक्षर मन्त्र **'क्ष्रौं'**के द्वारा वृत्त बनाये। वृत्तके बाहर बारह दलोंका कमल बनाये। दलोंपर नारायण तथा वासुदेवके द्वादशाक्षर मन्त्र लिखे। मन्त्र क्रमशः ये हैं—**'ॐ नमो भगवते नारायणाय', 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।'** दलोंके कपोलोंमें (क्रमशः) महाविष्णु, श्रीराम तथा श्रीकृष्णके द्वादशाक्षर मन्त्र लिखे। मन्त्र इस प्रकार हैं—**'ॐ नमो भगवते महाविष्णवे', 'ॐ ह्रीं भरताग्रज राम क्लीं स्वाहा', 'श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय नमः'** ॥३४॥

"उसके बाहर जगन्मोहन बीज-मन्त्र **'क्लीं'** से वृत्त बनाये। वृत्तसे बाहर चौदह दलोंका कमल बनाये। उन दलोंपर (क्रमशः) लक्ष्मीनारायण, हयग्रीव, गोपाल तथा दधिवामनके मन्त्रोंको लिखे। मन्त्र ये हैं—**'ॐ ह्रीं ह्रीं श्रीं श्रीं लक्ष्मीवासुदेवाय नमः', 'ॐ नमः सर्वकोटिसर्वविद्याराजाय', 'क्लीं कृष्णाय गोपालचूडामणये स्वाहा', 'ॐ नमो भगवते दधिवामनाय ॐ।'** दो दलोंके सन्धि-स्थानोंपर **'ह्रीं पद्मावत्यन्नपूर्णे माहेश्वरि स्वाहा'** यह अन्नपूर्णेश्वरी-मन्त्र लिखे ॥३५॥

"उसके बाहर केवल प्रणवसे एक वृत्त बनाये। वृत्तसे बाहर सोलह दलोंका कमल बनाये। उसके दलोंपर श्रीकृष्ण तथा सुदर्शनके षोडशाक्षर मन्त्रोंको लिखे। मन्त्र क्रमशः इस प्रकार हैं—**'ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा', 'ॐ नमो भगवते महासुदर्शनाय हुं फट्।'** उसके दलोंके सन्धि-भागोंमें

---

१. 'मम' यह पद अथवा साधकका षष्ठ्यन्त नाम बीज-मन्त्रके ऊपर होगा 'सर्वाभीष्टसिद्धिम्' यह पद बीज-मन्त्रके नीचे होगा। बीजके वामपार्श्वमें 'कुरु कुरु' लिखा जायगा और दक्षिण पार्श्वमें 'स्वाहा' रहेगा।

* इस प्रकार जहाँ भी मन्त्र लिखनेका वर्णन आता है, वहाँ मन्त्रका एक-एक अक्षर एक-एक दलपर, दलोंके मध्यमें या कोणपर—जहाँ लिखे हैं—क्रमशः लिखने चाहिये। एक मन्त्रको लिखकर उसके अक्षरोंके नीचे दूसरे मन्त्रके अक्षरोंको उसी प्रकार लिखना चाहिये। इस प्रकार जितने मन्त्र लिखने हों, उनके अक्षरोंको क्रमशः एकके नीचे एक लिखता जाय। संयुक्ताक्षरोंको एक ही अक्षर मानकर लिखे।

सब स्वर तथा सुदर्शन-माला-मन्त्र लिखे। पूरा मन्त्र यह है—**'सुदर्शनमहाचक्राय दीप्तरूपाय सर्वतो मां रक्ष रक्ष सहस्रार हुं फट् स्वाहा।'** (पहले एक-एक स्वर लिखा जायगा, फिर स्वरोंके नीचे क्रमशः प्रत्येक दलपर मन्त्रके दो-दो अक्षर जैसे प्रथम दलपर **'सुद'** दूसरेपर **'र्शन'** इस प्रकार लिखे जायँगे) ॥३६॥

"उसके बाहर वराह-बीजसे युक्त वृत्त रहेगा। वह बीज **'हुं'** है। वृत्तसे बाहर अठारह दलोंका कमल बनाये। उन दलोंपर श्रीकृष्ण तथा वामनके अष्टादशाक्षर मन्त्र लिखे। मन्त्र क्रमशः इस प्रकार हैं—**'क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा', 'ॐ नमो विष्णवे सुरपतये महाबलाय स्वाहा।'** दलोंके सन्धि-स्थानोंपर गरुड-पञ्चाक्षर मन्त्र और गरुड-माला-मन्त्र लिखे। मन्त्र क्रमशः ये हैं—**'क्षिप ॐ स्वाहा', 'ॐ नमः पक्षिराजाय सर्वविषभूतरक्षःकृत्यादिभेदनाय सर्वेष्टसाधकाय स्वाहा।'** (इसमें पहले दलपर **'क्षिप'**, दूसरेपर **'ॐ'**, तीसरेपर **'स्वाहा'**, चौथेपर **'ॐ नमः'**, पाँचवेंपर **'पक्षि'**, छठेपर **'राजाय'** और शेषपर शेष मन्त्रभागके दो-दो अक्षर लिखे जायँगे) ॥३७॥

"उसके बाहर **'ह्रीं'** इस माया-बीजसे वृत्त बनाये। उसके बाहर फिर अष्टदल कमल बनाये। उन दलोंपर श्रीकृष्ण तथा वामनके अष्टाक्षर मन्त्र **'ॐ नमो दामोदराय'** और **'ॐ वामनाय नमः ॐ'** इनको (क्रमशः) लिखे। दलोंके सन्धि-स्थलोंपर नीलकण्ठके त्र्यक्षर तथा गरुडके पञ्चाक्षर मन्त्रोंको (पहले तीन दलोंपर पहलेका एक-एक अक्षर, फिर शेषपर दूसरेका एक-एक अक्षर—इस प्रकार) लिखे। मन्त्र ये हैं—**'प्रें रीं ठः, नमोऽण्डजाय'** ॥ ३८ ॥

"उसके बाहर कामदेवके बीज-मन्त्र (**क्लीं**) से वृत्त बनाये। वृत्तसे बाहर चौबीस दलोंका कमल निर्मित करे। उन दलोंपर शरणागत-मन्त्र एवं नारायण-मन्त्र (पहले एक-एक अक्षरके क्रमसे शरणागत-मन्त्र और शेष दलोंपर नारायण-मन्त्रके अक्षर) तथा नारायण एवं हयग्रीवके गायत्री-मन्त्र (क्रमशः) लिखे। मन्त्र इस प्रकार हैं—**'श्रीमन्नारायण-चरणौ शरणं प्रपद्ये', 'श्रीमते नारायणाय नमः', 'नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्' 'वागीश्वराय विद्महे हयग्रीवाय धीमहि तन्नो हंसः प्रचोदयात्।'** उसके दलोंके सन्धि-भागोंमें नृसिंह-गायत्री, सुदर्शन-गायत्री तथा ब्रह्मगायत्री-मन्त्र (क्रमशः) लिखे। मन्त्र ये हैं—**'वज्रनखाय विद्महे तीक्ष्णदंष्ट्राय धीमहि तन्नः सिंहः प्रचोदयात्', 'सुदर्शनाय विद्महे हेतिराजाय धीमहि तन्नश्चक्रः प्रचोदयात्' 'तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्'** ॥३९॥

"उसके बाहर **'ह्सौं'** इस हयग्रीवके एकाक्षर बीज-मन्त्रसे वृत्त बनाये। उसके बाहर बत्तीस दलोंका कमल बनाये। उसके दलोंपर (क्रमशः) नृसिंह एवं हयग्रीवके अनुष्टुप् मन्त्रोंको लिखे। मन्त्र ये हैं—

उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्।
नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्॥
ऋग्यजुःसामरूपाय वेदाहरणकर्मणे।
प्रणवोद्गीथवपुषे महाश्वशिरसे नमः॥

"दलोंके सन्धि-भागोंमें (क्रमशः) राम तथा कृष्णके अनुष्टुप्-मन्त्र लिखें—

रामभद्र महेष्वास रघुवीर नृपोत्तम।
भो दशास्यान्तकास्माकं रक्षां देहि श्रियं च ते॥
देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः॥

"उसके बाहर प्रणवसे सम्पुटित अग्निबीज (**ॐ रमोम्**) से वृत्त बनाये। वृत्तसे बाहर छत्तीस दलोंका कमल बनाये। उसके दलोंपर हयग्रीवका छत्तीस अक्षरोंवाला और फिर (उसके नीचे) अड़तीस अक्षरोंवाला मन्त्र लिखे। मन्त्र क्रमशः यों हैं—

'हंसः' विश्वोत्तीर्णस्वरूपाय चिन्मयानन्दरूपिणे।
तुभ्यं नमो हयग्रीव विद्याराजाय विष्णवे 'सोऽहम्'॥

'ह्सौं ॐ नमो भगवते हयग्रीवाय सर्ववागीश्वरेश्वराय सर्ववेदमयाय सर्वविद्यां मे देहि स्वाहा।'

"(इस मन्त्रमें ३८ अक्षर होनेसे पहलेके दो **'ह्सौमोम्'** प्रथम दलपर तथा **'नमो'** दूसरे दलपर और शेषपर एक-एक अक्षर लिखे जायँगे।) दलोंके सन्धि-स्थलोंमें आदिमें **'ॐ'** तथा अन्तमें **'नमः'** लगाकर केशवादिके चतुर्थी विभक्ति-युक्त चौबीस नाममन्त्र (प्रत्येक दलपर पूरा एक मन्त्र) तथा शेष बारह दलोंपर राम-कृष्णके दोनों गायत्री-मन्त्रोंके चार-चार अक्षर एक-एक स्थलपर (पहली गायत्रीके चार-चार अक्षरके बाद दूसरीके चार-चार अक्षर क्रमसे) लिखे। मन्त्र ये हैं—

ॐ केशवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः, ॐ माधवाय नमः, ॐ गोविन्दाय नमः, ॐ विष्णवे नमः, ॐ मधुसूदनाय नमः, ॐ त्रिविक्रमाय नमः, ॐ वामनाय नमः, ॐ श्रीधराय नमः, ॐ हृषीकेशाय नमः, ॐ पद्मनाभाय नमः, ॐ दामोदराय नमः, ॐ संकर्षणाय नमः, ॐ वासुदेवाय नमः, ॐ प्रद्युम्नाय नमः, ॐ अनिरुद्धाय नमः, ॐ पुरुषोत्तमाय

नमः, ॐ अधोक्षजाय नमः, ॐ नारसिंहाय नमः, ॐ अच्युताय नमः, ॐ जनार्दनाय नमः, ॐ उपेन्द्राय नमः, ॐ हरये नमः, ॐ श्रीकृष्णाय नमः ।'

(श्रीरामगायत्री—)

दाशरथाय विद्महे सीतावल्लभाय धीमहि तन्नो रामः प्रचोदयात् ।

(श्रीकृष्णगायत्री—)

दामोदराय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नः कृष्णः प्रचोदयात्।

"उसके बाहर प्रणवसे सम्पुटित अंकुश-बीज 'ॐ क्रों ॐ' मन्त्रसे वृत्त बनाये। उस वृत्तसे बाहर (कुछ अन्तर छोड़कर उसी मन्त्रसे) फिर वृत्त बनाये। दोनों वृत्तोंके मध्यमें बारह कोष्ठ (वृत्त) बनाये, जिनके मध्यमें अन्तर हो। उन कोष्ठों (वृत्तों) में आदिमें प्रणव तथा अन्तमें 'नमः' लगाकर चतुर्थी विभक्तियुक्त कौस्तुभ, वनमाला, श्रीवत्स, सुदर्शन, गरुड़, पद्म, ध्वज, अनन्त, शार्ङ्ग, गदा, शङ्ख एवं नन्दकके मन्त्र लिखे। मन्त्र इस प्रकार होंगे—

ॐ कौस्तुभाय नमः, ॐ वनमालायै नमः, ॐ श्रीवत्साय नमः, ॐ सुदर्शनाय नमः, ॐ गरुडाय नमः, ॐ पद्माय नमः, ॐ ध्वजाय नमः, ॐ अनन्ताय नमः, ॐ शार्ङ्गाय नमः, ॐ गदायै नमः, ॐ शङ्खाय नमः, ॐ नन्दकाय नमः ।

"कोष्ठोंके अन्तरालोंमें आदिमें प्रणवयुक्त ये मन्त्र लिखे—

ॐ विष्वक्सेनाय नमः, ॐ आचक्राय स्वाहा, ॐ विचक्राय स्वाहा, ॐ सुचक्राय स्वाहा, ॐ धीचक्राय स्वाहा, ॐ संचक्राय स्वाहा, ॐ ज्वालाचक्राय स्वाहा, ॐ क्रुद्धोल्काय स्वाहा, ॐ महोल्काय स्वाहा, ॐ वीर्योल्काय स्वाहा, ॐ विद्योल्काय स्वाहा, ॐ सहस्रोल्काय स्वाहा ॥ ४०–४२ ॥

"उसके बाहर प्रणवसे सम्पुटित गरुडपञ्चाक्षर 'ॐ क्षिप ॐ स्वाहा ॐ' मन्त्रसे वृत्त बनाये। दोनों वृत्तोंके मध्य भागमें अन्तर छोड़कर बारह वज्र बनाये। उन वज्रोंके कोणोंमें ये मन्त्र लिखे—

ॐ पद्मनिधये नमः, ॐ महापद्मनिधये नमः, ॐ गरुडनिधये नमः, ॐ शङ्खनिधये नमः, ॐ मकरनिधये नमः, ॐ कच्छपनिधये नमः, ॐ विद्यानिधये नमः, ॐ परमानन्दनिधये नमः, ॐ मोक्षनिधये नमः, ॐ लक्ष्मीनिधये नमः, ॐ ब्रह्मनिधये नमः, ॐ मुकुन्दनिधये नमः ।

"उन वज्रोंके बीचके भागोंमें ये मन्त्र लिखे—

ॐ विद्याकल्पकतरवे नमः, ॐ आनन्दकल्पकतरवे नमः, ॐ ब्रह्मकल्पकतरवे नमः, ॐ मुक्तिकल्पकतरवे नमः, ॐ अमृतकल्पकतरवे नमः, ॐ बोधकल्पकतरवे नमः, ॐ विभूतिकल्पकतरवे नमः, ॐ वैकुण्ठकल्पकतरवे नमः, ॐ वेदकल्पकतरवे नमः, ॐ योगकल्पकतरवे नमः, ॐ यज्ञकल्पकतरवे नमः, ॐ पद्मकल्पकतरवे नमः ।

"इस वृत्तको शिवगायत्री तथा परब्रह्म-मन्त्रके अक्षरोंद्वारा वृत्तरूपसे घेरे। (अर्थात् वृत्तके बाहर पहले शिवगायत्री इस प्रकार लिखे कि वृत्तके चारों ओर गोलाईमें आधी दूरके लगभग वह लिखी जाय और आगे **'परब्रह्म'** मन्त्र लिखकर उस गोलेको पूरा कर दे।) मन्त्र ये हैं—

(शिव-गायत्री—)

तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।

(परब्रह्ममन्त्र—)

श्रीमन्नारायणो ज्योतिरात्मा नारायणः परः ।
नारायणपरं ब्रह्म नारायण नमोऽस्तु ते ॥

"उसके बाहर प्रणवसे सम्पुटित श्रीबीज अर्थात् **'ॐ श्रीमोम्'** मन्त्रसे वृत्त बनाये। वृत्तके बाहर चालीस दलोंका कमल बनाये। उसके दलोंपर व्याहृति एवं शिरोभागसे सम्पुटित वेद-गायत्रीके चारों पाद तथा सूर्याष्टाक्षर मन्त्र लिखे। मन्त्र इस प्रकार होंगे—

'ॐ भूः ॐ भुवः ॐ सुवः ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यम् ॐ तत्सवितुर्वरेण्यम् ॐ भर्गो देवस्य धीमहि ॐ धियो यो नः प्रचोदयात् । ॐ परो रजसे सावदोम् ओमापो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः सुवरोम् ।' 'ॐ घृणिः सूर्य आदित्यः ।'

"दलोंके सन्धि-स्थलोंपर सब कहीं प्रणव और श्रीबीजसे सम्पुटित नारायण-बीज अर्थात् **'ॐ श्रीमं श्रीमोम्'** यह मन्त्र लिखे ॥ ४३-४४ ॥

"उसके बाहर आठ शूलोंसे अङ्कित भू-चक्र बनाये। चक्रके भीतर चारों दिशाओंमें प्रणवसे सम्पुटित **'हंसः सोऽहम्'** मन्त्र और नारायणास्त्र मन्त्र लिखे। पूरा मन्त्र यह है— **'ॐ हंसः सोऽहमोम्' 'ॐ नमो नारायणाय हुं फट्'** ॥ ४५ ॥

"उसके बाहर प्रणव-मालासे युक्त वृत्त बनाये। वृत्तके बाहर पचास दलोंका कमल बनाये। उन दलोंमें 'ळ' को छोड़कर मातृकाके सभी शेष पचास अक्षर (अर्थात् **अ आ इ ई उ ऊ**

ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः क ख ग घ ङ च छ ज झ ञ ट ठ ड ढ ण त थ द ध न प फ ब भ म य र ल व श ष स ह क्ष) लिखे । उसके दलोंकी सन्धियोंमें प्रणव तथा श्रीबीजसे सम्पुटित राम एवं कृष्णके माला-मन्त्र (क्रमशः ऊपर-नीचे) लिखे । मंन्त्र इस प्रकार होंगे—

(राममाला-मन्त्र—)

'ॐ श्रीमों नमो भगवते रघुनन्दनाय रक्षोघ्नविशदाय मधुरप्रसन्नवदनायामिततेजसे बलाय रामाय विष्णवे नमः श्रीमोम्'

(श्रीकृष्णमाला-मन्त्र—)

'ॐ श्रीमों नमः कृष्णाय देवकीपुत्राय वासुदेवाय निगलच्छेदनाय सर्वलोकाधिपतये सर्वजगन्मोहनाय विष्णवे कामितार्थदाय स्वाहा श्रीमोम्' ॥ ४६ ॥

"उसके बाहर अष्ट शूलोंसे अङ्कित एक भूचक्र और बनाये। उन शूलोंमें प्रणवसम्पुटित महानीलकण्ठ-मन्त्रके अक्षर अर्थात् **'ॐ ॐ नमो नीलकण्ठाय ॐ'** लिखे । शूलोंके अग्रभागमें आदिमें **प्रणव** तथा अन्तमें **नमः** लगाकर चतुर्थी विभक्तियुक्त लोकपालोंके मन्त्र इस प्रकार क्रमशः लिखे—

ओमिन्द्राय नमः, ओमग्नये नमः, ॐ यमाय नमः, ॐ निर्ऋतये नमः, ॐ वरुणाय नमः, ॐ वायवे नमः, ॐ सोमाय नमः, ओमीशानाय नमः ॥ ४७ ॥

"उसके बाहर प्रणव (ॐ) की मालासे युक्त तीन वृत्त बनाये। उसके बाहर चार द्वारोंसे युक्त चार भूपुर बनाये, जिसमें चक्रके चारों कोनोंपर महावज्र शोभित हों। उन वज्रोंमें प्रणव तथा श्रीबीजसे सम्पुटित दो अमृत-बीज—**'ॐ श्रीं वं चं श्रीं ॐ'** लिखे । प्रणव-वृत्तोंके बाहर सबसे बाहरी भूपुर-वीथीमें ये मन्त्र लिखे— **'ओमाधारशक्त्यै नमः, ॐ मूलप्रकृत्यै नमः, ओमादिकूर्माय नमः, ओमनन्ताय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः ।'** मध्यभूपुर-मार्गमें ये मन्त्र लिखे—**ॐ क्षीरसमुद्राय नमः, ॐ रत्नद्वीपाय नमः, ॐ रत्नमण्डपाय नमः, ॐ श्वेतच्छत्राय नमः, ॐ कल्पकवृक्षाय नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः ।'** प्रथम भूपुर-वीथीमें आदिमें **प्रणव** तथा अन्तमें **नमः** लगाकर चतुर्थी विभक्तियुक्त धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य, अनैश्वर्य, सत्त्व, रजस्, तमस्, माया, अविद्या, अनन्त एवं पद्मके मन्त्र लिखे । (इन मन्त्रोंके ये रूप होंगे—**ॐ धर्माय नमः, ॐ ज्ञानाय नमः, ॐ वैराग्याय नमः, ओमैश्वर्याय नमः, ओमधर्माय नमः, ओमज्ञानाय नमः, ओमवैराग्याय नमः, ओमनैश्वर्याय नमः, ॐ सत्त्वाय नमः, ॐ रजसे नमः, ॐ तमसे नमः, ॐ मायायै नमः, ओमविद्यायै नमः, ओमनन्ताय नमः, ॐ पद्माय नमः ।**) बाहरी वृत्तकी वीथीमें—विमला, उत्कर्षिणी, ज्ञाना, क्रिया, योगा, प्रह्वी, सत्या, ईशाना—इन सबके चतुर्थ्यन्त नाम आदिमें प्रणव और अन्तमें 'नमः' लगाकर लिखे **(ॐ विमलायै नमः, ओमुत्कर्षिण्यै नमः, ॐ ज्ञानायै नमः, ॐ क्रियायै नमः, ॐ योगायै नमः, ॐ प्रह्व्यै नमः, ॐ सत्यायै नमः, ओमीशानायै नमः)** । भीतरी वृत्तकी वीथीमें **'ओमनुग्रहायै नमः, ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मने वासुदेवाय सर्वात्मसंयोगयोगपीठात्मने नमः'** लिखे ।

'वृत्तोंके बीचके स्थानोंमें—मन्त्रोंके बीज, प्राण, शक्ति, दृष्टि, वश्य आदि, मन्त्र-यन्त्रोंके नाम, गायत्री, प्राणप्रतिष्ठा, भूतशुद्धि तथा दिक्पालोंके बीज—ये यन्त्रके दस अङ्ग (तथा इनके अतिरिक्त) मूलमन्त्र, मालामन्त्र, कवच तथा दिग्बन्धनके मन्त्र भी दिये जाते हैं ।

'इस प्रकारका यह यन्त्र महायन्त्रमय है । योगके द्वारा जिनका अन्तःकरण ज्ञानसे आलोकित हो उठा है, ऐसे पुरुषोंद्वारा इसे परम मन्त्रोंसे अलङ्कृत किया गया है । षोडशोपचारोंसे पूजे जानेपर तथा जप-हवनादिसे साधित (सिद्ध) होनेपर यह यन्त्र शुद्ध ब्रह्मतेजोमय, सब प्रकारके भयोंसे छुड़ानेवाला, समस्त पापोंका नाशक, सभी अभीष्टोंको देनेवाला तथा सायुज्य मुक्ति देनेवाला है। यह परमवैकुण्ठ-महानारायण-यन्त्र प्रकाशमान है ॥ ४८-४९ ॥

'उस (यन्त्र) के ऊपर भी आदिनारायणका ध्यान करे । वे निरतिशय आनन्दमयी तेजोराशिके भीतर भलीभाँति विराजमान हैं । शब्दातीत आनन्दमय तेजोराशिस्वरूप, चैतन्य (ज्ञान) के सारसे आविर्भूत आनन्दमय विग्रहयुक्त, बोधानन्दस्वरूप, निरतिशय सौन्दर्यसिन्धु, तुरीयस्वरूप, तुरीयातीत तथा अद्वैत परमानन्दमय हैं । निरन्तर तुरीयातीत निरतिशय सौन्दर्य एवं आनन्दके पारावार हैं, लावण्य-सरिताकी लहरोंसे उल्लसित तथा विद्युत्की-सी कान्तिसे प्रकाशित हैं, उनका विग्रह दिव्य एवं मङ्गलमय है । वे मूर्तिधारी परम मङ्गलोंसे सेवित हैं । चिदानन्दमय अनन्तकोटि सूर्योंके समान तेजोमय प्रकाशवाले अनन्त भूषणोंसे अलङ्कृत हैं। सुदर्शन, चक्र, पाञ्चजन्य शङ्ख, पद्म, कौमोदकी गदा, नन्दक खड्ग, शार्ङ्ग-धनुष, मुसल, परिघ आदि चिन्मय अनेकों मूर्तिमान् आयुधोंसे सुसेवित हैं । श्रीवत्स, कौस्तुभ एवं वनमालासे उनका वक्षःस्थल अङ्कित (शोभित) है । ब्रह्मरूप कल्पवनके अमृतमय पुष्पोंकी वर्षासे निरन्तर आनन्दस्वरूप हैं । ब्रह्मानन्दमय

रसके असंख्य झरनोंसे अत्यन्त मङ्गलरूप हैं। शेषनागके दस सहस्र फणसमूहोंके विशाल छत्रसे शोभित हैं। उस फणोंके मण्डलमें स्थित अत्यन्त तेजस्वी मणियोंकी ज्योतिसे उनका श्रीविग्रह विशेष देदीप्यमान है, तथा शेषनागकी अङ्ग-कान्तिके निर्झरोंसे व्याप्त है। वे निरतिशय ब्रह्मगन्धस्वरूपकी निरतिशय आनन्दरूप ब्रह्ममय गन्धके विशेष (घन) स्वरूप हैं। अनन्त ब्रह्मगन्ध-मूर्तियोंके समष्टिरूप हैं। अनन्त आनन्दमय तुलसीकी मालाओंसे नित्य नूतनरूप हैं। चिदानन्दमय अनन्त पुष्प-मालाओंसे सुशोभित हैं। तेज-प्रवाहकी तरङ्गोंके अविरल प्रवाहसे प्रकाशमान हैं। निरतिशय अनन्त कान्तिविशेषके आवर्तोंसे सर्वदा सब ओर प्रज्वलित हैं। बोधानन्दमय अनन्त-धूप-दीपावलियोंसे अत्यन्त शोभित हैं। निरतिशय आनन्द-स्वरूप चँवरोंसे परिसेवित हैं। निरन्तर निरुपम निरतिशय उत्कट ज्ञानानन्दमय अनन्त फलोंके गुच्छोंसे अलङ्कृत हैं। चिन्मयानन्दरूप दिव्य विमान, छत्र एवं ध्वजसमूहोंसे विशेष शोभित हैं। परम मङ्गलमय अनन्त दिव्य तेजोंसे सर्वदा प्रकाशमान हैं। वाणीसे अतीत अनन्त तेजोराशिके अन्तर्गत, अर्धमात्रास्वरूप, तुरीय, अनाहत ध्वनिरूप, तुरीयातीत, अकथनीय तथा नाद-विन्दु-कला एवं अध्यात्मस्वरूप आदि अनन्त रूपोंमें अवस्थित, निर्गुण, निष्क्रिय, निर्मल, निर्दोष, निरञ्जन, निराकार, दूसरेके आश्रयसे हीन, निरतिशय अद्वैत परमानन्दस्वरूप (उन) आदिनारायणका ध्यान करे' ॥५०॥

॥ सप्तम अध्याय समाप्त ॥ ७ ॥

अष्टम अध्याय

परम सायुज्य-मुक्तिके स्वरूपका निरूपण

तब पितामह ब्रह्माजी भगवान् महाविष्णुसे पूछते हैं—भगवन्! शुद्ध अद्वैत परमानन्दस्वरूप आप ब्रह्मके (स्वरूपके) विरुद्ध (ये पूर्ववर्णित) वैकुण्ठ, भवन, प्राचीरें, विमान प्रभृति अनन्त वस्तुरूप भेद कैसे हैं? ॥ १ ॥

'तुमने ठीक ही कहा' यह कहकर भगवान् महाविष्णु शङ्का-का निवारण करते हैं—'जैसे शुद्ध स्वर्णके कड़े, मुकुट, बाजूबंद आदि भेद होते हैं (जैसे ये आकार-भेद स्वर्णकी एकताके बाधक नहीं), जैसे समुद्रीय जलके बड़ी-छोटी तरङ्गें, फेन, बुलबुले, ओले, नमक, बर्फ आदि अनन्त वस्तुरूप भेद हैं (जैसे ये भेद जलके एकत्वमें बाधक नहीं), जैसे भूमिके पर्वत, वृक्ष, तिनके, झाड़ियाँ, लता आदि अनन्त वस्तुभेद हैं (जैसे ये भेद भूमिके एकत्वके विरोधी नहीं), वैसे ही अद्वैत परमानन्द-स्वरूप मुझ परम ब्रह्मका सब कुछ अद्वैतरूप सिद्ध ही है। सब (प्रतीयमान लौकिक-पारलौकिक भेद) मेरे स्वरूप ही हैं। मेरे अतिरिक्त एक अणु भी विद्यमान नहीं। (मुझसे भिन्न तुच्छतम भी कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है)' ॥ २ ॥

पितामह ब्रह्मा फिर पूछते हैं—'भगवन्! परम वैकुण्ठ ही परम मोक्ष (धाम) है। सर्वत्र (सभी शास्त्रोंमें) परम मोक्ष एक ही सुनायी पड़ता (वर्णित) है। फिर अनन्त वैकुण्ठ तथा अनन्त आनन्द-समुद्रादि अनन्त मूर्तियाँ किस प्रकार हैं?' ॥ ३ ॥

'यह ठीक ही है' कहकर भगवान् महाविष्णु बोले—'एक ही अविद्यापादमें अनन्तकोटि ब्रह्माण्ड अपने आवरणोंके साथ सुने जाते (शास्त्रोंमें प्रतिपादित) हैं। (जैसे अनन्त ब्रह्माण्ड-भेद होनेसे अविद्याकी एकतामें बाधा नहीं आती, वैसे ही) एक ही अण्ड (ब्रह्माण्ड)में बहुत-से लोक, बहुत-से वैकुण्ठ और अनन्त विभूतियाँ भी हैं ही। सभी ब्रह्माण्डोंमें अनन्त लोक हैं और अनन्त वैकुण्ठ हैं, यह सभी (शास्त्रों)को निश्चित रूपसे मान्य है। (जब एक अविद्यापादकी यह स्थिति है तो) पादत्रयके सम्बन्धमें भी यही बात है, उसमें कहना क्या है। निरतिशय आनन्दका आविर्भाव मोक्ष है, यह मोक्षका लक्षण तीनों पादोंमें है; इसलिये तीनों पाद परम मोक्षधाम हैं। तीनों पाद परम वैकुण्ठ हैं। तीनों पाद परम कैवल्य (धाम) हैं। वहाँ शुद्ध चिदानन्द ब्रह्मके विलासरूप आनन्द, अनन्त परमा-नन्दमय ऐश्वर्य, अनन्त वैकुण्ठ और अनन्त परमानन्द-समुद्रादि हैं ही ॥ ४ ॥

"उपासक वहाँ (सातवें अध्यायमें वर्णित श्रीनारायणके समीप) पहुँचकर इस प्रकारके (जैसा स्वरूप उनका वर्णित है) नारायणका ध्यान करके, (उनकी) प्रदक्षिणा तथा (उन्हें) नमस्कार करता है, तथा अनेक प्रकारके उपचारोंसे उनकी अर्चना करके निरतिशय अद्वैत परमानन्दस्वरूप हो जाता है। उनके आगे सावधानीसे बैठकर अद्वैतयोगका आश्रय लेता है और सर्वाद्वैत परमानन्दस्वरूप अखण्ड अमित तेजोराशि-स्वरूपकी विशेष रूपसे (सम्यक्) भावना करके उपासक स्वयं शुद्ध बोधानन्दमय अमृतस्वरूप एवं निरतिशय आनन्दमय तेजोराशिस्वरूप हो जाता है। तब महावाक्योंके अर्थका बार-बार स्मरण करता हुआ—'ब्रह्म मैं हूँ, मैं ही हूँ,

ब्रह्म मैं हूँ, जो भी मैं हूँ, ब्रह्म ही मैं हूँ, मैं ही मैं हूँ, मैं अहंता (भेद-प्रतीति) का हवन करता हूँ—स्वाहा (वह भस्म हो जाय), मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकारकी भावनाद्वारा, जैसे परम तेजोरूप महानदीका प्रवाह परम तेजोरूप समुद्रमें प्रवेश कर जाय, जैसे परम तेजोमय समुद्रकी तरङ्गें उस परम तेजोमय समुद्रमें प्रवेश कर जायँ, उसी प्रकार सच्चिदानन्द-स्वरूप उपासक सर्वरूपसे परिपूर्ण, अद्वैत परमानन्दस्वरूप परब्रह्म मुझ नारायणमें 'मैं सच्चिदानन्दस्वरूप हूँ, मैं अजन्मा हूँ, मैं परिपूर्ण हूँ' इस प्रकार (स्वरूपभूत होकर) प्रविष्ट हो जाता है। तब उपासक तरङ्गहीन, अद्वैत, अपार, निरतिशय सच्चिदानन्द-समुद्र हो जाता है॥ ५ ॥

'जो इस (उपदिष्ट) मार्गके द्वारा भलीभाँति आचरण (उपासना) करता है, वह निश्चय ही नारायण हो जाता है। सभी मुनिगण इसी मार्गसे सिद्धिको प्राप्त हुए हैं। असंख्यों परम योगी (इसी मार्गसे) सिद्धिको (परम गतिको) पहुँचे हैं" ॥ ६ ॥

तब (उपर्युक्त उपदेशके अनन्तर) शिष्य गुरुसे पूछता है—भगवन्! सालम्ब एवं निरालम्ब योग किस प्रकारके हैं ॥ ७ ॥

(गुरुदेव बतलाते हैं—) 'सालम्बयोग वह है, जिसमें सब प्रकारके कर्मोंसे दूर रहकर कर-चरण आदि अङ्गोंवाली मूर्तिविशेष अथवा मण्डल (ज्योति) आदिका (ध्यान-उपासनादिके लिये) आलम्बन किया जाय; यही सालम्ब योग है।

'निरालम्बयोग वह है, जिसमें समस्त नाम, रूप, कर्मको अत्यन्त दूरसे छोड़कर, समस्त कामनादि अन्तःकरणकी वृत्तियोंके साक्षीरूपसे, उस (अन्तःकरणकी किसी भी वृत्ति) के आलम्बनसे शून्य रहकर भावना की जाय। यही (भावनाहीन स्थितिमें स्थित होना ही) निरालम्बयोग है' ॥ ८ ॥

'तब तो (जब निरालम्बयोग इतना दुरूह है) निरालम्बयोगका अधिकारी किस प्रकारका होता है?'॥ ९ ॥

'जो पुरुष अमानित्व आदि (ज्ञानके) लक्षणोंसे युक्त हो, उसीको निरालम्बयोगका अधिकारी बनाना (मानना) चाहिये। ऐसा अधिकारी कोई विरला ही है। इसलिये सभी अधिकारी-अनधिकारियोंके लिये भक्तियोग ही श्रेष्ठ कहा जाता है। भक्तियोग उपद्रव (विघ्न)-रहित है। भक्तियोगसे मुक्ति प्राप्त होती है। भक्तोंको बिना परिश्रमके अविलम्ब ही तत्त्वज्ञान हो जाता है॥ १०-११ ॥

'वह (अनायास अविलम्ब तत्त्वज्ञान) कैसे होता है?' इस शंकाके उत्तरमें बतलाते हैं—'भक्तवत्सल भगवान् स्वयं ही मोक्षके सभी विघ्नोंसे सभी भक्तिनिष्ठ लोगों (भक्तों) की रक्षा करते हैं। (उनके) समस्त अभीष्ट प्रदान करते हैं। मोक्ष दिलवाते हैं। (भक्त स्वतः मोक्ष नहीं चाहता। भगवान् उसे अपनी ओरसे मोक्ष प्रदान करते हैं, इसीसे दिलवाते हैं—बरबस देते हैं, यह कहा गया।) विष्णु-भक्तिके बिना ब्रह्मादि समस्त (देवताओं) का भी करोड़ों कल्पोंमें भी मोक्ष नहीं होता। क्योंकि कारणके बिना कार्य प्रकट नहीं होता, अतः भक्ति (जो कारण है, उस) के बिना (कार्य) ब्रह्मज्ञान कभी उत्पन्न नहीं होता। इसलिये तुम भी समस्त उपायोंको छोड़कर भक्तिका आश्रय लो। भक्तिनिष्ठ बनो। भक्तिनिष्ठ बनो। भक्तिके द्वारा सभी सिद्धियाँ सिद्ध (प्राप्त) होती हैं। भक्तिके द्वारा कुछ भी असाध्य नहीं है ॥ १२ ॥

"इस प्रकार गुरुके उपदेशको सुनकर, परम तत्त्वके सभी रहस्योंको जानकर, सम्पूर्ण संशयोंको दूर करके 'शीघ्र ही मोक्ष प्राप्त कर लूँगा' ऐसा निश्चय करके, तब शिष्य उठा। उठकर गुरुकी प्रदक्षिणा एवं उन्हें नमस्कार करके, गुरुकी पूजा करके, गुरुकी ही आज्ञासे उसने क्रमशः भक्तिनिष्ठ होकर परिपक्व भक्तिके आधिक्यसे परिपक्व विज्ञान प्राप्त किया। उस (परिपक्व विज्ञान) से बिना परिश्रमके ही शिष्य शीघ्र ही साक्षात् नारायणस्वरूप हो गया' ॥ १३ ॥

(यह आख्यान सुनाकर) तब भगवान् महाविष्णु चतुर्मुख ब्रह्माजीकी ओर देखकर बोले—'ब्रह्माजी! मैंने आपसे परम तत्त्वका समस्त रहस्य कह दिया। उसके स्मरणमात्रसे मोक्ष हो जाता है। उसके अनुष्ठानसे सम्पूर्ण अज्ञात ज्ञात हो जाता है। जिसके स्वरूपको जान लेनेसे अज्ञात भी ज्ञात हो जाता है, वह सम्पूर्ण परमतत्त्व-रहस्य मैंने बतला दिया' ॥ १४॥

'गुरु कौन है?' ब्रह्माजीके इस प्रश्नके उत्तरमें भगवान् बतलाते हैं—'गुरु साक्षात् आदिनारायण पुरुष हैं। वह आदि-नारायण मैं ही हूँ। इसलिये एकमात्र मेरी शरणमें आओ। मेरी भक्तिमें निष्ठावान् होओ। मेरी उपासना करो। इस प्रकार मुझे ही प्राप्त करोगे। मेरे अतिरिक्त सब कुछ बाधित (अतत्त्व) है। मुझसे अतिरिक्त अबाधित (सत्ता रखनेवाला) कुछ भी नहीं है। अद्वितीय निरतिशय आनन्द मैं ही हूँ। सब प्रकार परिपूर्ण मैं ही हूँ, मैं ही सबका आश्रय हूँ। वाणीका अविषय निराकार परब्रह्मस्वरूप मैं ही हूँ। मुझसे भिन्न अणुमात्र भी नहीं है' ॥ १५ ॥

इस प्रकार भगवान् महाविष्णुके इस परम उपदेशका लाभ करके पितामह ब्रह्माजीने परम आनन्द प्राप्त किया। तदनन्तर भगवान् विष्णुके कर-स्पर्शसे दिव्यज्ञान प्राप्त करके पितामह उठे और उठकर उन्होंने प्रदक्षिणा तथा नमस्कार करके विविध उपचारोंसे भगवान् महाविष्णुकी भलीभाँति पूजा की। फिर अञ्जलि बाँधकर, विनयपूर्वक समीप जाकर बोले—'भगवन्! मुझे भक्तिनिष्ठा प्रदान करें! हे कृपानिधे! मैं आपसे अभिन्न हूँ, मेरा सब प्रकार पालन करें' ॥ १६-१७ ॥

'वही हो, साधु! साधु!' इस प्रकार (ब्रह्माजीकी) भलीभाँति प्रशंसा करते हुए भगवान् महाविष्णु बोले—'मेरा उपासक सबसे उत्कृष्ट हो जाता है। मेरी उपासनासे सब मङ्गल होते हैं। मेरी उपासनासे वह सबको विजय कर लेता है। मेरा उपासक सबके द्वारा वन्दनीय होता है। मेरे उपासकके लिये असाध्य कुछ नहीं है। सम्पूर्ण बन्धन पूर्णतः नष्ट हो जाते हैं। सदाचारीकी जैसे सब लोग सेवा करते हैं, वैसे ही समस्त देवता उसकी सेवा करते हैं। महाश्रेय भी (उसकी) सेवा करते हैं। मेरा उपासक उस (उपासना) से निरतिशय अद्वैत परमानन्दस्वरूप परब्रह्म हो जाता है। जो भी मुमुक्षु इस मार्गसे सम्यक् आचरण करता है, वह परमानन्दस्वरूप परब्रह्म हो जाता है ॥ १८ ॥

'जो कोई (इस) परमतत्त्व-रहस्य आथर्वण महानारायणोपनिषद्का अध्ययन करता है, वह समस्त पापोंसे मुक्त हो जाता है। वह जान-बूझकर तथा अनजानमें किये पापोंसे मुक्त हो जाता है। महापापोंसे पवित्र हो जाता है। छिपाकर किये गये, प्रकट-रूपसे किये गये, बहुत दिनोंतक अधिक रूपमें किये गये सभी पापोंसे मुक्त हो जाता है। वह सभी लोकोंको जीत लेता है। उसकी सभी मन्त्रोंके जपमें निष्ठा हो जाती है। वह समस्त वेदान्तके रहस्यको प्राप्त करके परमार्थका ज्ञाता हो जाता है। वह सम्पूर्ण भोगोंका भोक्ता (उन भोगोंके द्वारा मिलनेवाले आनन्दसे युक्त) हो जाता है। उसे सभी योगोंका ज्ञान हो जाता है। वह समस्त जगत्का परिपालक हो जाता है। वह अद्वैत-परमानन्दस्वरूप परब्रह्म हो जाता है ॥ १९ ॥

'यह परमतत्त्व-रहस्य गुरुभक्तिविहीनको नहीं बतलाना चाहिये। जो सुनना न चाहता हो, उसे भी नहीं बतलाना चाहिये; न तपस्याविहीन नास्तिकको और न मेरी (भगवान्की) भक्तिसे रहित दाम्भिकको बतलाना चाहिये। मत्सरयुक्त पुरुषको नहीं बतलाना चाहिये। मेरी निन्दामें लगे (भगवान्में दोषदृष्टि करनेवाले) कृतघ्नको भी नहीं बतलाना चाहिये ॥२०॥

'जो यह परम रहस्य मेरे (भगवान्के) भक्तको बतलावेगा, वह मेरी भक्तिमें निष्ठावान् होकर मुझे (भगवान्को) ही प्राप्त करेगा। जो हम दोनों (ब्रह्माजी एवं भगवान् विष्णु) के इस संवादका अध्ययन करेगा, वह मनुष्य ब्रह्मनिष्ठ हो जायगा। जो श्रद्धावान् तथा असूया (दोषदृष्टि) रहित होकर सुनेगा या हम दोनोंके इस संवादको पढ़ेगा, वह पुरुष मेरे सायुज्यको प्राप्त करेगा' ॥ २१–२३ ॥

(इतना कहकर) तब महाविष्णु अन्तर्धान हो गये। तत्पश्चात् ब्रह्माजी अपने स्थान (ब्रह्मलोक) को चले गये ॥२४॥

॥ अष्टम अध्याय समाप्त ॥ ८ ॥

॥ उत्तरकाण्ड समाप्त ॥

॥ अथर्ववेदीय त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

अथर्ववेदीय

नारदपरिव्राजकोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

प्रथम उपदेश

नारद-शौनक-संवाद

एक समयकी बात है, परिव्राजकोंके समुदायको सुशोभित करनेवाले नारदजी सब लोकोंमें विचरण कर रहे थे । उन्होंने अपूर्व-अपूर्व पुण्य-स्थलों एवं पुण्य-तीर्थोंमें जाकर उन्हें और भी पवित्र बनाया और उन तीर्थोंके दर्शनसे स्वयं भी चित्तशुद्धि प्राप्त की । उनके मनमें कहीं किसी भी प्राणीके प्रति वैरका भाव नहीं था । उनका मन शान्त था और सम्पूर्ण इन्द्रियाँ वशमें हो गयी थीं । वे सब ओरसे विरक्त होकर अपने स्वरूपके अनुसंधानमें लगे हुए थे । घूमते-घूमते वे नैमिषारण्यमें आये, जो नियमजनित आनन्दके कारण विशेषरूपसे गणना करनेयोग्य पवित्र तीर्थ है । वह स्थान असंख्य मुनिजनोंसे भरा हुआ था । उन्होंने उस पुण्य-स्थलीका दर्शन किया । वे अपनी वीणाके तारोंसे वैराग्य-बोधक 'स रि ग म प ध नि' इन स्वरविशेषोंका झंकार कर रहे थे । वे जागतिक चर्चासे दूर रहकर मुखसे भगवान्‌की मधुर कथाके गीत अलाप रहे थे । उन्हें सुनकर स्थावर-जङ्गम सभी प्राणी आनन्दसे झूम उठते थे। वे उस भक्तिप्रधान संगीतसे मनुष्य, मृग, किम्पुरुष;देवता, किंनर तथा अप्सराओंको भी मोहित कर रहे थे । नैमिषारण्यमें बारह वर्षोंका सत्रयाग चल रहा था । उसमें वेदाध्ययनसे सम्पन्न, सर्वज्ञ, तपस्यामें संलग्न रहनेवाले और ज्ञान-वैराग्यसे विभूषित शौनक आदि महर्षि सम्मिलित हुए थे । उन्होंने परम भागवत ब्रह्मकुमार देवर्षि नारदको आया देख उनकी अगवानी की । उनके चरणोंमें मस्तक झुकाया और यथायोग्य अतिथि-सत्कार करके उन्हें एक सुन्दर आसनपर बैठाया । फिर स्वयं भी सब लोग यथास्थान बैठ गये । तत्पश्चात् शौनक आदि महर्षियोंने विनयपूर्वक उनसे पूछा—'भगवन् ! ब्रह्मकुमार नारदजी ! संसार-बन्धन-से मुक्ति कैसे होती है ? उस मुक्तिका उपाय क्या है—यह हमलोगोंको बतानेकी कृपा करें' ॥ १ ॥

उनके इस प्रकार प्रश्न करनेपर वे त्रिभुवनप्रसिद्ध देवर्षि नारदजी इस प्रकार बोले—'उत्तम कुलमें उत्पन्न पुरुष यदि उपनयन-संस्कारसे युक्त न हुआ हो तो पहले विधिपूर्वक उपनयन-संस्कार कराये । फिर चौवालीस* संस्कारोंसे सम्पन्न

---

* चौवालीस संस्कार इस प्रकार हैं—(१) गर्भाधान, (२) पुंसवन, (३) सीमन्तोन्नयन, (४) विष्णुबलि, (५) जातकर्म, (६) नामकरण, (७) उपनिष्क्रमण, (८) अन्नप्राशन, (९) चूडाकर्म, (१०) कर्णवेध, (११) अक्षरारम्भ, (१२) उपनयन, (१३) व्रतारम्भ, (१४) समावर्तन, (१५) विवाह, (१६) उपाकर्म, (१७) उत्सर्जन ।

सप्त पाकयज्ञ-संस्था

(१८) हुत, (१९) प्रहुत, (२०) आहुत, (२१) शूलगव, (२२) बलिहरण, (२३) प्रत्यवरोहण, (२४) अष्टकाहोम ।

सप्त हविर्यज्ञ-संस्था

(२५) अग्न्याधान, (२६) अग्निहोत्र, (२७) दर्श-पूर्णमास, (२८) चातुर्मास्य, (२९) आग्रयणेष्टि, (३०) निरूढपशु-बन्ध, (३१) सौत्रामणी ।

सप्त सोमयज्ञ-संस्था

(३२) अग्निष्टोम, (३३) अत्यग्निष्टोम, (३४) उक्थ्य, (३५) षोडशी, (३६) वाजपेय, (३७) अतिरात्र, (३८) आप्तोर्याम ।

(३९) वानप्रस्थ, (४०) संन्यास—ये तो चालीस संस्कार हैं; इनके साथ शौच, संतोष, तप और स्वाध्याय—ये चार और गिन लेनेसे चौवालीस संस्कार होते हैं ।

और अपने मनके अनुरूप एक गुरुके समीप निवास करे। वहाँ गुरुकी सेवा करते हुए पहले अपनी शाखाका अध्ययन करे। फिर क्रमशः सम्पूर्ण विद्याओंका अभ्यास करते हुए बारह वर्षोंतक गुरु-सेवापूर्वक ब्रह्मचर्यका पालन करे। तत्पश्चात् क्रमशः पचीस वर्षोंतक गृहस्थ-धर्मका और पचीस वर्षोंतक वानप्रस्थ-आश्रमके धर्मोंका विधिपूर्वक पालन करे। चार प्रकारके ब्रह्मचर्य,* छः प्रकारके गार्हस्थ्य† तथा चार प्रकारके वानप्रस्थ‡-धर्मका भलीभाँति अभ्यास करके उन-उन आश्रमोंके उचित समस्त कर्मोंका यथावत् अनुष्ठान करे। फिर साधन-चतुष्टयसे सम्पन्न हो समस्त संसारसे ऊपर उठकर मन, वाणी, शरीर और क्रियाद्वारा सब प्रकारकी आशाको त्याग दे। इसी प्रकार वासनाओं और एषणाओंके भी ऊपर उठे—उनका भी त्याग कर दे। फिर सबके प्रति वैरभावका त्याग करके मन और इन्द्रियोंको वशमें रखते हुए संन्यासी हो जाय। परमहंस-आश्रम (संन्यास) में रहकर अपने अच्युतस्वरूपका चिन्तन करते हुए जो शरीर-त्याग करता है, वह मुक्त हो जाता है, वह मुक्त हो जाता है। यह उपनिषद् (गूढ़ रहस्यमय ज्ञान) है ॥ २ ॥

॥ प्रथम उपदेश समाप्त ॥ १ ॥

द्वितीय उपदेश

संन्यास-ग्रहणका क्रम

तदनन्तर वे शौनक आदि सम्पूर्ण महर्षि इन भगवान् नारदजीसे विनयपूर्वक बोले—'भगवन्! हमें संन्यासकी विधि बताइये।' नारदजीने उनकी ओर देखकर कहा—'संन्यासका सारा स्वरूप लोकपितामह ब्रह्माजीके मुखसे ही समझना उचित होगा।' यों कहकर सत्रयागकी पूर्तिके पश्चात् उन सबको साथ ले वे सत्यलोकमें गये और विधिवत् ब्रह्मचिन्तनमें लगे हुए परमेष्ठीको प्रणाम करके उनकी स्तुति करने लगे। स्तुति करनेके अनन्तर पितामहकी आज्ञासे वे सबके साथ वहाँ यथायोग्य आसनपर बैठे। तदनन्तर नारदजीने पितामहसे कहा—"भगवन्! आप हमारे गुरु, पिता, सम्पूर्ण विद्याओंके रहस्यको जाननेवाले तथा सर्वज्ञ हैं। अतः आप मुझे एक रहस्यकी बात, जो मुझे बहुत प्रिय है,

* चार प्रकारके ब्रह्मचारी ये हैं—गायत्र, ब्राह्म, प्राजापत्य तथा बृहत्। इनमेंसे उपनयनके बाद जो तीन राततक बिना नमकका भोजन करके गायत्रीका जप करता है, वह गायत्र है; जो वेदाध्ययनपर्यन्त ब्रह्मचर्यका पालन करता है, वह ब्राह्म है, जो एक वर्षतक वैदिकव्रत (ब्रह्मचर्य) का पालन करता है, वह प्राजापत्य कहलाता है और जो मृत्युपर्यन्त गुरुकुलमें रहकर ब्रह्मचर्यका पालन करता है, वह नैष्ठिक ब्रह्मचारी बृहत् कहा गया है।

† छः प्रकारके गृहस्थोंके नाम ये हैं—वार्ताक, शालीन, यायावर, घोर संन्यासिक, उञ्छवृत्ति और अयाचित। इनमें जो खेती, गो-रक्षा और वाणिज्यरूप वैश्योचित वृत्तिसे जीवन-निर्वाह करते हुए स्व-धर्मका पालन करता है, वह वार्ताक कहलाता है; जो यजन-याजन, अध्ययन-अध्यापन, दान और प्रतिग्रह—इन छः कर्मोंमें संलग्न रहकर याजन, अध्यापन और प्रतिग्रहके द्वारा जीवन-निर्वाह करता है, वह शालीन माना गया है; जो सत्पुरुषोंके घरोंपर जा-जाकर उनसे थोड़ा-थोड़ा माँगकर अपने कुटुम्बके भरण-पोषणके लिये आवश्यक अन्नका संग्रह करता है, वह यायावर कहलाता है; जो अपने हाथसे निकाले हुए पवित्र जलसे सब कार्य करते हुए प्रतिदिन साधुपुरुषोंसे एक दिनके निर्वाहके लिये अन्न ग्रहण करता है, वह घोर संन्यासिक है; जो खेत कट जानेपर या बाजार उठ जानेपर वहाँ बिखरे हुए अनाजके दानोंको चुन-चुनकर लाता है और उन्हींसे जीवन-निर्वाह करता है, उसे उञ्छ कहते हैं और जो किसीसे याचना न करके दैवेच्छासे प्राप्त हुए अन्नपर ही जीवन-निर्वाह करता है, वह अयाचक कहलाता है।

‡ वानप्रस्थके भी चार भेद हैं—वैखानस, औदुम्बर, वालखिल्य और फेनप। इनमेंसे जो बिना जोते-बोये उत्पन्न हुए नीवार आदि जंगली अन्नोंसे अग्निहोत्र आदि कर्म करता है, वह वैखानस कहलाता है; जो सबेरे उठते ही जिस दिशाकी ओर दृष्टि जाय, उसी दिशामें जाकर वहाँके गूलर, बेर आदि फलों तथा नीवार और श्यामाक आदि अन्नोंका संग्रह करके उन्हींसे प्रतिदिन जीविका चलाता है, वह औदुम्बर माना गया है; जो जटा और वल्कल धारण करके आठ महीनोंतक वृत्ति उपार्जन करता, चौमासेमें संगृहीत अन्नका भोजन करता तथा कार्तिकी पूर्णिमाको संगृहीत फूल और फलका त्याग करता है, वह वालखिल्य कहलाता है; तथा जो सूखे पत्ते और फलका आहार करते हुए जहाँ-कहीं भी रहकर अपने कर्तव्यका पालन करता है, उसे फेनप कहते हैं।

बतलानेकी कृपा करें। आपके सिवा दूसरा कौन है, जो मेरे अभीष्ट रहस्यका भलीभाँति प्रतिपादन कर सके। यदि कहें, 'पूछो, वह तुम्हारा अभीष्ट विषय क्या है?' तो सुनिये। मेरी प्रार्थना है कि यहाँ बैठे हुए हम सब लोगोंसे आप संन्यासके स्वरूप और क्रमका वर्णन करें।'

इस प्रकार नारदजीके प्रार्थना करनेपर ब्रह्माजीने सब ओर दृष्टिपात करके सबको देखा और दो घड़ीतक वे जन्म-मृत्युरूप सांसारिक क्लेशके निवारणका उपाय ढूँढ़नेके लिये समाधिनिष्ठ हो गये। समाधिके द्वारा किसी निश्चयपर पहुँचकर ब्रह्माजीने पुनः नारदजीकी ओर देखा और इस प्रकार कहना प्रारम्भ किया—

'बेटा नारद! पूर्वकालमें पुरुषसूक्त और उपनिषदोंमें वर्णित गूढ़ रहस्यके अनुरूप सर्वोत्कृष्ट दिव्य विग्रह धारण करनेवाले भगवान् विराट् पुरुषने जिस रहस्यका उपदेश मुझे दिया था, उसीको सोच-विचारकर मैं तुम्हें बतलाता हूँ। संन्यासका स्वरूप और क्रम अत्यन्त गूढ़ है। अतः तुम पूर्ण सावधान होकर उसे सुनो। नारद! उत्तम कुलमें उत्पन्न और माता-पिताकी आज्ञाके अधीन रहनेवाला बालक यदि उपनयन-संस्कारसे सम्पन्न न हुआ हो तो सबसे पहले विधि-पूर्वक उसका उपनयन-संस्कार होना चाहिये। तत्पश्चात् वह अपने पिताके समीपसे अन्यत्र किसी उत्तम कुलमें उत्पन्न हुए सद्गुरुकी सेवामें उपस्थित होवे। वे सद्गुरु किसी श्रेष्ठ सम्प्रदायमें स्थित, श्रद्धालु, श्रोत्रिय, शास्त्रके प्रति अनुराग रखनेवाले, गुणवान् तथा सरल हों। उनके पास पहुँचकर शिष्य गुरुके चरणोंमें नमस्कार करे और आवश्यक सेवा-शुश्रूषाके अनन्तर गुरुको अपना अभीष्ट बताये। फिर बारह वर्षोंतक गुरुकी सेवा करते हुए सम्पूर्ण विद्याओंका अभ्यास करे। अध्ययन समाप्त करके गुरुकी आज्ञासे किसी ऐसी कन्याके साथ विवाह करे, जो उसके कुलके योग्य तथा मनके अनुरूप हो। फिर पचीस वर्षोंतक गुरुकुलवास करके गुरुकी आज्ञासे गृहस्थोचित कर्म करते हुए,—ब्राह्मणोंके लिये जो दोषकी बातें हैं, उनका त्याग करके,—अपने वंशकी वृद्धि-के उद्देश्यसे एक पुत्र उत्पन्न करे। और गृहस्थोचित पचीस वर्ष व्यतीत करनेके अनन्तर वानप्रस्थका आश्रय ले। उसमें भी पचीस वर्षोंतक तीनों समय स्नान करते हुए दिनके चौथे पहरमें एक बार भोजन करे, अकेला होकर ही वनमें रहे, ग्राम और नगरके पूर्वपरिचित मार्गोंको छोड़ दे और बिना जोते-बोये उत्पन्न तिन्नीके चावल आदि संग्रह करके उसीके द्वारा आश्रमोचित धर्मका निर्वाह करते हुए, दृष्ट और श्रुत लोक और परलोकके भोगोंसे पूर्णतः विरक्त हो जाय। चालीस संस्कारोंसे सम्पन्न हो, सब ओरसे वैराग्य धारणकर चित्तशुद्धि प्राप्त करे। और आशा, असूया, ईर्ष्या (दोषदृष्टि), तथा अहङ्कार आदि दोषोंको भस्म करके साधन-चतुष्टयसे सम्पन्न होवे। ऐसा होनेपर वह संन्यास लेनेका अधिकारी हो जाता है। यह उपनिषद् है'॥ १-२॥

॥ द्वितीय उपदेश समाप्त ॥ २॥

तृतीय उपदेश

संन्यासके अधिकारी, स्वरूप, विधि, नियम एवं आचार आदिका निरूपण

तदनन्तर देवर्षि नारदने अपने पिता ब्रह्माजीसे पूछा—'भगवन्! किस प्रकार संन्यास लिया जाता है? तथा संन्यासका अधिकारी कौन है?' ब्रह्माजीने कहा—'अच्छा, पहले संन्यासका अधिकारी कौन है, इसका निरूपण करके पश्चात् संन्यासकी विधि बतायी जायगी; सावधान होकर सुनो। नपुंसक, पतित, किसी अङ्गसे हीन, स्त्रीके प्रति अधिक आसक्त, बहरा, बालक, गूँगा, पाखण्डी, चक्री (षडयन्त्रकारी), लिङ्गी (वेषधारी), वैखानसहर द्विज, वेतन लेकर अध्यापन करनेवाला, शिपिविष्ट (गंजा अथवा कोढ़ी) तथा अग्निहोत्र न करनेवाला—ये वैराग्यवान् होनेपर भी संन्यासके अधिकारी नहीं हैं। यदि संन्यास ले भी लें, तो भी 'तत्त्वमसि' इत्यादि महावाक्योंका उपदेश प्राप्त करनेके अधिकारी नहीं होते। जो पहलेसे ही संन्यासी है, अर्थात् कर्मफलकी इच्छा न रखते हुए वर्णाश्रमोचित कर्तव्यका पालन करता है, वही संन्यास-आश्रममें प्रवेश करनेका अधिकारी है॥ १॥

'जो दूसरोंसे स्वयं नहीं डरता तथा दूसरोंको अपनेद्वारा भय नहीं पहुँचाता, वही परिव्राजक (संन्यासी) है—ऐसा स्मृतियोंका कथन है। नपुंसक, किसी अङ्गसे हीन, अंधा, बालक, पापी, पतित, परस्त्रीगामी, वैखानसहर द्विज, चक्री, लिङ्गी, पाखण्डी, शिपिविष्ट, अग्निहोत्र न करनेवाला, दो-तीन बार संन्यास ग्रहण करनेवाला तथा वेतन लेकर अध्यापन करनेवाला—ये आतुर-संन्यासके सिवा क्रम-संन्यासके अधिकारी नहीं होते॥ २—४॥

'यदि कहो, आतुर संन्यासका कौन-सा समय विद्वानोंको मान्य है, तो सुनो। जब प्राण निकलनेका समय अत्यन्त निकट हो, वह आतुर-संन्यासका ठीक समय माना गया है। इससे भिन्न समयको ठीक नहीं माना गया है। आतुर संन्यास यदि ठीक समयसे हो तो वह मुक्तिमार्गकी प्राप्ति करानेवाला होता है। आतुर-संन्यासमें भी विद्वान् पुरुष शास्त्रविहित मन्त्रोंका पाठ करते हुए विधिवत् सब आवश्यक कृत्य करके ही मन्त्रोच्चारणपूर्वक संन्यास ग्रहण करे। आतुर-संन्यास हो चाहे क्रम-संन्यास, उसके विधि-विधानमें कोई भेद नहीं है; क्योंकि कर्म मन्त्रकी अपेक्षा करता है और कोई भी मन्त्र ऐसा नहीं है, जो किसी-न-किसी कर्मसे सम्बन्ध न रखता हो। मन्त्रहीन कर्म वास्तवमें कर्म ही नहीं है। अतः मन्त्रका परित्याग न करे। यदि मन्त्रके बिना कर्म करे तो वह राखमें छोड़ी हुई आहुतिके समान व्यर्थ होता है। मुने! शास्त्रविधिके अनुसार बताये हुए कर्मको संक्षेपमें करनेसे आतुर-संन्यास सम्पन्न होता है। इसलिये आतुर-संन्यासमें मन्त्रोंका बार-बार उच्चारण आवश्यक एवं विहित है॥ ५—९॥

'यदि अग्निहोत्री पुरुष देशान्तरमें गया हुआ हो और उसे वैराग्य हो जाय तो जलमें ही प्राजापत्येष्टि करके तत्काल संन्यास ले ले। यह प्राजापत्य याग केवल मनसे करे अथवा विधिमें बताये अनुसार मन्त्रोंका उच्चारणमात्र करके करे अथवा वेदोक्त अनुष्ठान-पद्धतिके अनुसार विधिवत् कर्म-अनुष्ठान करे। यह सब करके ही विद्वान् पुरुष संन्यास ग्रहण करे। अन्यथा वह पतित हो जाता है॥ १०-११॥

'जब मनमें सब पदार्थोंकी ओरसे पूर्ण वैराग्य हो जाय, तभी संन्यासकी इच्छा करनी चाहिये। इसके विपरीत आचरण करनेसे मनुष्य पतित हो जाता है। विरक्त बुद्धिमान् संन्यास ग्रहण करे और रागवान् पुरुष घरपर ही निवास करे। जो मनमें राग (आसक्ति) होते हुए भी संन्यास ग्रहण करता है, वह द्विजोंमें अधम है तथा उसे नरककी प्राप्ति होती है॥ १२-१३॥

'जिसकी जिह्वा, शिश्नेन्द्रिय, उदर और हाथ आदि सभी इन्द्रियाँ भलीभाँति वशमें हों तथा जिसने विवाह न किया हो, ऐसा ब्रह्मचारी ब्राह्मण ही संन्यास ले। संसारको सारहीन समझकर सार वस्तुको प्राप्त करनेकी इच्छासे बुद्धिमान् पुरुष पूर्ण वैराग्यका आश्रय लेकर विवाह किये बिना ही संन्यास ले लेते हैं। कर्म ही प्रवृत्ति (संसारमें प्रवृत्त होने) का लक्षण है और ज्ञान ही संन्यासका मुख्य लक्षण है। अतः बुद्धिमान् पुरुष ज्ञानको सामने रखकर ही यहाँ संन्यास ग्रहण करे॥ १४—१६॥

'जब परमतत्त्वरूप सनातन ब्रह्मका ज्ञान हो जाय, तब एक दण्ड धारण करके यज्ञोपवीतसहित शिखाको त्याग दे। जो परमात्मामें अनुरक्त और उनसे भिन्न वस्तुओंकी ओरसे विरक्त है, जिसके मनसे लोकैषणा, वित्तैषणा, पुत्रैषणा—ये सभी एषणाएँ निकल गयी हैं, वही भिक्षान्नभोजन करने (संन्यास लेने) का अधिकारी है। जैसे साधारण मनुष्य अपनी पूजा और वन्दना होनेपर अत्यधिक प्रसन्न होता है, वैसी ही प्रसन्नता जब डंडोंसे पीटे जानेपर भी हो, तभी वह भिक्षु होनेका अधिकारी होता है। मैं ही वासुदेव नामसे प्रसिद्ध अद्वितीय अविनाशी ब्रह्म हूँ—ऐसा भाव जिसके मनमें दृढ़ हो गया है, वही भिक्षान्नभोजनका अधिकारी है। जिस पुरुषमें शान्ति, शम (मनोनिग्रह), दम (इन्द्रियनिग्रह), शौच, संतोष, सत्य, सरलता, कुछ भी संग्रह न करनेका भाव तथा दम्भका अभाव हो, वही संन्यास-आश्रममें प्रवेश करे। जब मनुष्य मन, वाणी और क्रियाद्वारा किसी भी प्राणीके प्रति पापका भाव नहीं रखता, तभी संन्यासका अधिकारी होता है। (मनुप्रोक्त) दस प्रकारके धर्मोंका अनुष्ठान करते हुए एकाग्रचित्त हो विधिपूर्वक उपनिषदोंका श्रवण करे तथा ब्रह्मचर्य-पालन एवं स्वाध्यायद्वारा ऋषि-ऋणसे, यज्ञानुष्ठानद्वारा देव-ऋणसे और पुत्रकी उत्पत्तिद्वारा पितृ-ऋणसे मुक्त होकर (विरक्त) द्विज संन्यास ग्रहण करे। धृति, क्षमा, दम (मनोनिग्रह), अस्तेय (चोरी न करना), शौच (बाहर-भीतरकी पवित्रता), इन्द्रियनिग्रह, ह्री (निषिद्ध कर्म एवं अविनय आदिसे स्वाभाविक संकोच), विद्या, सत्य तथा अक्रोध (क्रोधका अभाव)—ये दस धर्मके स्वरूप हैं। जो भूतकालमें किये हुए भोगोंका चिन्तन, भविष्यमें मिलनेवाले भोगोंकी आकाङ्क्षा तथा वर्तमान समयमें प्राप्त हुए भोगोंका अभिनन्दन नहीं करता, वही संन्यास-आश्रममें निवास कर सकता है। जो अन्तःकरणमें स्थित इन्द्रियोंको अपने भीतर और बाहरके विषयोंको बाहर ही रोक रखनेमें सदा समर्थ है, वही संन्यास-आश्रममें निवास करे। जैसे प्राण निकल जानेपर शरीर सुख-दुःखका अनुभव नहीं करता, उसी प्रकार प्राण रहते हुए भी जिसपर सुख-दुःखका प्रभाव नहीं पड़ता, वही संन्यास-आश्रममें निवास करनेका अधिकारी है॥ १७—२७॥

'दो कौपीन (लँगोटियाँ), एक कन्था (गुदड़ी) और एक दण्ड—इतनी ही वस्तुओंका परमहंस संन्यासीको संग्रह करनेका अधिकार है; इससे अधिक संग्रहका उसके लिये विधान नहीं

है। यदि रागवश अधिक वस्तुओंका संग्रह करता है तो वह मृत्युके पश्चात् रौरव नरकमें जाकर पुनः पशु-पक्षी आदि योनियोंमें जन्म लेता है। शीत आदिसे बचनेके लिये फटे-पुराने साफ कपड़ोंको सीकर एक गुदड़ी बना ले और बस्तीसे बाहर रहकर गेरुए रंगका वस्त्र धारण करे। संन्यासी एक ही वस्त्र धारण करे अथवा बिना वस्त्रके ही (दिगम्बर) रहे। दृष्टिको इधर-उधर चारों ओर न ले जाकर एक ही स्थानपर नियन्त्रित रक्खे। मनमें किसी भी वस्तुके लिये लोभ न आने दे। सदा अकेला ही विचरण करे। वर्षा ऋतुमें किसी एक ही स्थानपर निवास करे। कुटुम्ब, स्त्री-पुत्र, (व्याकरण आदि) वेदाङ्गोंके ग्रन्थ, यज्ञ और यज्ञोपवीतका त्याग करके संन्यासीको सर्वत्र गूढ़ भावसे (बिना अपना विज्ञापन किये) विचरण करना चाहिये॥ २८—३२॥

'काम, क्रोध, घमंड, लोभ और मोह आदि जितने भी दोष हैं, उन सबका परित्याग करके संन्यासी सब ओरसे ममताको हटा ले। अपने मनमें राग और द्वेषको स्थान न दे। मिट्टीके ढेले, पत्थर और सुवर्णको समान समझे। प्राणियोंकी हिंसासे सर्वथा दूर रहे तथा सब ओरसे निःस्पृह होकर मुनिवृत्तिसे रहे। जो दम्भ और अहङ्कारसे मुक्त है, हिंसा और चुगली आदि दोषोंसे दूर है तथा आत्मज्ञानके लिये उपयोगी गुणोंसे सुशोभित है, वह संन्यासी मोक्षको प्राप्त होता है। इन्द्रियोंकी विषयोंमें आसक्ति रहनेपर मनुष्य निःसंदेह अनेक प्रकारके दोषोंमें फँस जाता है; किंतु यदि उन्हीं इन्द्रियोंको अच्छी प्रकार वशमें कर ले तो वह (मोक्षरूप) सिद्धिको प्राप्त होता है। विषय-भोगोंकी कामना भोगोंके उपभोगसे कदापि शान्त नहीं होती। भोगसे तो वह उल्टे बढ़ती ही है—ठीक उसी तरह, जैसे घी डालनेसे आग और भी प्रज्वलित हो उठती है। जो मधुर या कटु शब्द सुनकर, कोमल या कठोर वस्तुका स्पर्श कर, स्वादिष्ठ या स्वादहीन भोजन करके, सुन्दर या विकृत रूप देखकर और सुगन्ध या दुर्गन्ध सूँघकर न तो हर्षसे फूल उठता है और न ग्लानिका ही अनुभव करता है, उसीको जितेन्द्रिय जानना चाहिये। जिसके मन और वाणी शुद्ध हैं तथा सर्वदा भलीभाँति दोषोंसे सुरक्षित (बचे हुए) हैं, वही वेदान्तश्रवणका पूर्ण फल प्राप्त करता है। ब्राह्मण सम्मानसे विषकी भाँति उद्विग्न रहे और अपमानको अमृतकी भाँति समझकर सदा उसकी अभिलाषा करे। अपमानित पुरुष सुखसे सोता, सुखसे जागता और इस लोकमें सुखसे ही विचरता है; किंतु अपमान करनेवाला स्वतः नष्ट हो जाता है। अतिवादों (कठोर वचनों) को सहन करे, किसीका अनादर न करे तथा इस (नश्वर) देहको लेकर किसीके साथ वैर न करे। जो अपने ऊपर क्रोध करता है, उसके प्रति बदलेमें क्रोध न करे। यदि वह गाली देता हो, तो भी स्वयं तो उसे अच्छी ही बात कहे। दो नेत्र, दो कान, दो नासिकाछिद्र और एक मुख—इन सातों द्वारोंके अनुभवसे सम्बन्ध रखनेवाली वाणीको कभी असत्यरूपमें न बोले। सुख चाहनेवाला पुरुष अध्यात्मतत्त्वमें अनुराग रखकर स्थिरभावसे बैठे, किसीसे कोई अपेक्षा न रक्खे, मनसे सब तरहकी कामनाओंको निकाल दे तथा अपने सिवा किसी दूसरेको सहायक न बनाकर अकेला ही इस संसारमें विचरता रहे। इन्द्रियोंको वशमें रखने, राग-द्वेषका नाश करने तथा किसी भी प्राणीकी हिंसा न करनेसे मनुष्य अमृतत्व (मोक्ष) का अधिकारी होता है। यह शरीर रोगोंका घर है, इसमें हड्डियोंके खंभे लगे हैं। स्नायुजालकी डोरीसे यह बँधा है। मांस और रक्त इसपर थोप दिया गया है। इसे चमड़ेसे मढ़ दिया गया है। यह मल और मूत्रसे सदा ही पूर्ण रहता है। इससे दुर्गन्ध निकलती रहती है। बुढ़ापे और शोकसे व्याप्त होनेके कारण यह सदा आतुर (असमर्थ) रहता है। वीर्य और रजसे उत्पन्न होनेके कारण यह रजस्वल (रजोगुणी अथवा धूलसे भरा हुआ) है। साथ ही यह अनित्य भी है (आज गिरेगा या कल, इसका कुछ भी ठिकाना नहीं है)। इसमें पाँच भूत सदा ही डेरा डाले रहते हैं; अतः इसे त्याग दे (इसके प्रति अहंता और ममता न रक्खे)। यदि मूर्ख मनुष्य मांस, रक्त, पीब, मल, मूत्र, नाड़ी, मज्जा और हड्डियोंके समुदायभूत इस शरीरसे प्रेम करता है तो वह नरकसे भी अवश्य प्रेम करेगा। इस शरीरमें जो अहंभाव है, वही कालसूत्र नामक नरकका मार्ग है, वही महावीचि नामक नरकमें ले जानेके लिये बिछा हुआ जाल है। तथा वही असिपत्र वन नामक नरककी श्रेणी है। शरीरमें होनेवाली अहंता कुत्तेका मांस लेकर चलनेवाली चाण्डालिनीके समान है। उसको सब प्रकारके यत्नोंद्वारा त्याग दे। सर्वनाश उपस्थित हो, तो भी कल्याणकामी पुरुषको उसका स्पर्शतक नहीं करना चाहिये। अपने प्रियजनोंमें सुकृत (पुण्य) को और अप्रियजनोंमें दुष्कृत (पाप) को छोड़कर—स्वयं उनसे सम्बन्ध न रखकर ध्यानयोगके द्वारा साधक सनातन ब्रह्मको प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार धीरे-धीरे सम्पूर्ण आसक्तियोंका त्याग करके संन्यासी पुरुष सब प्रकारके द्वन्द्वोंसे मुक्त हो परब्रह्म परमात्मामें ही स्थिति प्राप्त करता है। सिद्धिलाभके

लिये किसी दूसरेको साथी न बनाकर सदा अकेला ही विचरण करे। एककी सिद्धि देखकर संन्यासी न तो अपने साधनको छोड़ता है और न सिद्धिसे वञ्चित होता है॥ ३३—५३॥

'पानी पीनेके लिये कपाल (लकड़ी या नारियलका पात्र), रहनेके लिये किसी वृक्षकी जड़, पहननेको फटे पुराने कपड़े, सदा अकेले रहनेका स्वभाव और सबमें समताका भाव—यही जीवन्मुक्त पुरुषका लक्षण है। संन्यासी सम्पूर्ण भूतोंका हितैषी हो, शान्तभावसे रहे, त्रिदण्ड और कमण्डलु धारण करे, एकमात्र आत्मामें ही रमण करनेवाला हो तथा सब कुछ छोड़कर अकेला घूमता रहे। केवल भिक्षाके लिये ही वह गाँवमें प्रवेश करे। संन्यासी यदि अकेला रहे, तभी वह शास्त्रीय आदेशके अनुसार यथार्थ भिक्षु होता है। एकसे दो होते ही वह 'मिथुन' (जोड़ा) माना गया है। तीनका समुदाय होनेपर उसे 'गाँव' कहा गया है; तथा इससे अधिक व्यक्ति एक साथ हो जायँ, तब तो पूरा नगर-सा ही हो जाता है। संन्यासीको कभी अपने पास अधिक व्यक्तियोंको आनेका अवसर देकर नगर, गाँव अथवा मिथुनकी स्थिति नहीं उत्पन्न करनी चाहिये। इन तीनों (नगर, ग्राम और मिथुन) का आयोजन करनेवाला संन्यासी अपने धर्मसे गिर जाता है। अनेक व्यक्तियोंका एकत्र संयोग होनेपर उनमें या तो राजा—प्रभु, सेठ आदिकी बातें होंगी; अथवा कहाँ कैसी भिक्षा मिलती है—यह चर्चा शुरू हो जायगी; अथवा परस्पर स्नेह, चुगली और मत्सरता आदिके भाव उत्पन्न होंगे। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। संन्यासी निःस्पृह होकर सदा अकेला रहे। किसीके साथ वार्तालाप न करे। वह सदा 'नारायण' कहकर ही दूसरोंकी बात या नमस्कार आदिका उत्तर दे। वह एकाकी रहकर मन, वाणी, शरीर तथा क्रियाद्वारा केवल ब्रह्मका ही चिन्तन करे। किसी तरह भी मृत्यु या जीवनका अभिनन्दन न करे। जबतक आयु पूरी न हो, तबतक केवल कालकी ही प्रतीक्षा करता रहे। न तो वह मृत्युकी प्रशंसा करे और न जीवनका अभिनन्दन करे। जैसे भृत्य अपने स्वामीकी आज्ञाकी प्रतीक्षा करता रहता है, उसी प्रकार वह एकमात्र कालकी प्रतीक्षा करे। (जिह्वारहित), नपुंसक, लूला, अंधा, बहिरा एवं मुग्ध (जड) की भाँति रहनेवाला भिक्षु—इन छः प्रकारके गुणोंसे निश्चय ही मुक्त हो जाता है। जो भोजन करते हुए भी 'यह स्वादिष्ट है, यह स्वादयुक्त नहीं है।' इस भावसे अन्नके रसमें आसक्त नहीं होता तथा हितकर, सत्य और नपी-तुली बात कहता है, उसे 'अजिह्व' (जिह्वारहित) कहते हैं। जो आजकी जन्मी हुई नवजात कन्या, सोलह वर्षोंकी युवती नारी तथा सौ वर्षोंकी आयुवाली वृद्धा स्त्रीको देखकर कहीं भी राग-द्वेष आदि विकारोंके वशीभूत नहीं होता, वह 'षण्डक' (नपुंसक) कहा गया है। भिक्षाके लिये तथा मल-मूत्रका त्याग करनेके लिये ही जिसका घूमना होता है, और एक स्थानसे दूसरे स्थानपर जानेके लिये भी जो प्रतिदिन एक योजन (चार कोस) से आगे नहीं जाता (एक योजनका रास्ता तै करके शेष समय ध्यान आदिमें व्यतीत करता है), वह 'पङ्गु' (लूला) ही है। चलते या खड़ा होते समय जिसके नेत्र चार युग (लगभग दस हाथ) भूमि छोड़कर इससे अधिक दूरतक नहीं देखते, वह संन्यासी 'अन्ध' कहलाता है। हितकी बात हो या अहितकी, मनको सुख देनेवाली बात हो या शोक प्रदान करनेवाली, उसे सुनकर भी जो मानो नहीं सुनता (उसपर ध्यान नहीं देता), वह 'बधिर' कहा गया है। विषय अपने समीप हों, शरीरमें शक्ति हो और सभी इन्द्रियाँ स्वस्थ हों, तब भी जो सोये हुए पुरुषकी भाँति उन विषयोंके प्रति आकृष्ट नहीं होता, उस भिक्षुको 'मुग्ध' (भोलाभाला) कहते हैं॥ ५४–६८॥

'नट आदिके खेल, जूआ, युवती स्त्री, सम्बन्धियों, भक्ष्य-भोज्य पदार्थ तथा रजस्वला स्त्री—इन छः वस्तुओंकी ओर संन्यासी कभी दृष्टिपात न करे। राग, द्वेष, मद, माया, दूसरोंके प्रति द्रोह तथा अपनोंके प्रति मोह—इन छः बातोंको संन्यासी कभी मनसे भी न सोचे। मञ्च (कुर्सी), श्वेत वस्त्र, स्त्रियोंकी चर्चा, इन्द्रियोंकी लोलुपता, दिनमें सोना और सवारीपर चलना—ये संन्यासियोंके लिये छः पातक हैं। आत्मचिन्तन करनेवाला संन्यासी दूरकी यात्राका यत्नपूर्वक त्याग करे॥ ६९–७१॥

'संन्यासी सदा मोक्षकी हेतुभूता उपनिषद्-विद्याका अभ्यास करे। वह न तो सदा तीर्थोंका सेवन करे और न अधिक उपवास ही करे। वह अधिक विद्याएँ पढ़नेका स्वभाव न बनाये। सभाओंमें व्याख्यान देनेवाला न बने। सदा ऐसा बर्ताव करे जिसमें पाप, शठता और कुटिलता न हो। जैसे कछुआ सब ओरसे अपने अङ्गोंको समेट लेता है, उसी प्रकार इन्द्रियोंको विषयोंकी ओरसे समेटकर जो इन्द्रिय और मनके व्यापारको क्षीण कर देता है, कामना और परिग्रहसे मुँह मोड़ लेता है, सुख-दुःख आदि द्वन्द्वोंसे हर्ष या शोकके वशीभूत नहीं होता, नमस्कार (भिन्न-भिन्न देवताओंकी स्तुति) और स्वधा (श्राद्ध-तर्पण) को छोड़ देता है,

ममता और अहङ्कारसे शून्य हो जाता है, किसी भी वस्तुकी अपेक्षा नहीं रखता, निष्काम तथा एकान्तसेवी हो जाता है, वह निश्चय ही संसार-बन्धनसे मुक्त हो जाता है ॥ ७२–७६ ॥

'प्रमादरहित, कर्म, भक्ति एवं ज्ञानसे सम्पन्न तथा केवल आत्माके ही अधीन रहनेवाला साधक, चाहे वह—ब्रह्मचारी, गृहस्थ अथवा वानप्रस्थ—कोई भी क्यों न हो, वैराग्य होनेपर संन्यास ग्रहण कर सकता है। अथवा यदि वैराग्य मन्द होनेके कारण उन-उन आश्रमोंमें प्रधानतः आस्था बनी हुई हो तो पहले ब्रह्मचर्याश्रमकी अवधि पूरी करके गृहस्थ बने, गृहस्थसे वानप्रस्थ हो जाय और वानप्रस्थ होनेके अनन्तर संन्यास ले। अथवा तीव्र वैराग्य होनेपर ब्रह्मचर्य-आश्रमसे ही संन्यासमें प्रवेश करे। या गृहस्थ अथवा वानप्रस्थ-आश्रमसे संन्यास ग्रहण करे। अथवा ब्रह्मचारी हो या अब्रह्मचारी, स्नातक हो या न हो, अग्निहोत्र त्याग चुका हो या उससे अलग ही रहा हो—जिस दिन उसे वैराग्य हो, उसी दिन वह घर छोड़कर संन्यासी हो जाय। संन्यास-आश्रममें प्रवेशके समय कुछ विद्वान् प्राजापत्य नामक इष्टि करते हैं; उसे करे अथवा न करे। अथवा केवल 'आग्नेयी' इष्टिका ही अनुष्ठान करे (अग्नि देवतासे सम्बन्ध रखनेके कारण यह इष्टि 'आग्नेयी' कहलाती है)। अग्नि ही प्राण है, अतः इस आग्नेयी इष्टिद्वारा साधक प्राणका ही पोषण करता है। अथवा 'त्रैधातवीया' इष्टि का ही (जिसका इन्द्र देवतासे सम्बन्ध है) अनुष्ठान करे। सत्त्व, रज और तम—ये ही तीन धातु हैं, जिनका इस त्रैधातवीय इष्टिके द्वारा हवन किया जाता है। शास्त्रोक्त विधिसे इष्टि करके 'अयं ते योनेः···'* इस मन्त्रसे अग्निको सूँघे। मन्त्रका अर्थ इस प्रकार है—'हे अग्निदेव ! यह समष्टि प्राण तुम्हारे आविर्भावका कारण है। यह प्राण ही संवत्सरात्मक काल है, जिससे उत्पन्न होकर तुम उत्तम कान्तिसे देदीप्यमान हो रहे हो। अपनी उत्पत्तिके कारणभूत इस प्राणको जानकर तुम इसीमें स्थित हो जाओ और इस प्रकार हमारे प्राणसे तादात्म्य प्राप्त करके हमारे ज्ञानरूपी धनको बढ़ाओ।' निश्चय ही यह प्राण अग्निकी उत्पत्तिका कारण है। इसलिये **'प्राणं गच्छ स्वां योनिं गच्छ स्वाहा'** (हे अग्निदेव ! तुम प्राणको प्राप्त कर, अपने कारणको प्राप्त कर उसके साथ एक हो जाओ) इसी प्रकार यह मन्त्र कहता है। (इसी प्रकार साधक भी कहे।)

* अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः।
तं जानन्नग्न आरोहाथा नो वर्धया रयिम् ॥

'आहवनीय अग्निमेंसे अग्नि ले जाकर पूर्वोक्त प्रकारसे इष्टि करके अग्निको सूँघे। यदि अग्नि न मिल सके तो जलमें ही हवन करे। 'निश्चय ही सम्पूर्ण देवता जलस्वरूप हैं। सम्पूर्ण देवताओंके लिये मैं हवन करता हूँ, यह उन्हें प्राप्त हो' (**आपो वै सर्वा देवताः सर्वाभ्यो देवताभ्यो जुहोमि स्वाहा**) यों कहकर हवन करे। फिर उस जलमेंसे थोड़ा-सा जल उठाकर उसका आचमन कर ले। वह घृतयुक्त जल आरोग्यकारक एवं मोक्षदायक होता है। फिर शिखा, यज्ञोपवीत, पिता, पुत्र, स्त्री, कर्म, अध्ययन एवं अन्यान्य मन्त्रोंका जप त्यागकर ही आत्मवेत्ता पुरुष परिव्राजक (संन्यासी) होता है। त्रैधातवीय मोक्षसम्बन्धी मन्त्रोंसे ब्रह्मको जाने। जो सत्य, ज्ञान आदि लक्षणोंसे युक्त है, वही ब्रह्म है, वही उपासनाके योग्य है। यह ठीक ऐसा ही है' ॥ ७७–७९ ॥

नारदजीने ब्रह्माजीसे पुनः प्रश्न किया—'यज्ञोपवीत न रहनेपर वह ब्राह्मण कैसे रह सकता है ?' तब ब्रह्माजीने उनसे कहा—'विद्वान् पुरुष शिखासहित सम्पूर्ण सिरके बालोंका मुण्डन कराके शरीरपर यज्ञोपवीतके रूपमें धारण किये जानेवाले बाह्य सूत्रको तो त्याग दे और जो अविनाशी परब्रह्म परमात्मा हैं, उन्हींको सबमें व्यापक सूत्ररूप समझकर अपने भीतर धारण करे। जो सूचन (ज्ञान) का हेतु हो, उसे 'सूत्र' कहते हैं। अतः 'सूत्र' परमपदका नाम है। जिसने उस परमपदरूप सूत्रको जान लिया, वही वेदोंका पारगामी ब्राह्मण है। जैसे सूत्रमें मनके पिरोये हुए होते हैं उसी प्रकार जिस परमात्मामें यह सम्पूर्ण जगत् पिरोया हुआ है, वही सूत्र है। योगका ज्ञाता तत्त्वदर्शी योगी उसी सूत्रको धारण करे। विद्वान् पुरुष उत्तम योगका आश्रय ले बाह्य सूत्रका तो त्याग करे और इस ब्रह्मस्वरूप सूत्रको धारण करे। जो यों करता है, वही चेतन है। उस ब्रह्मरूप सूत्रके धारण करनेसे संन्यासी न तो कभी उच्छिष्ट (जूठे मुँह) होता है और न कभी अपवित्र ही होता है। ज्ञानरूपी यज्ञोपवीत धारण करनेवाले जिन संन्यासियोंके भीतर वह ब्रह्मरूपी सूत्र विद्यमान है, वे ही इस संसारमें सूत्रके यथार्थ स्वरूपको जाननेवाले तथा यज्ञोपवीतधारी हैं। संन्यासी ज्ञानमयी शिखा धारण करते हैं, ज्ञानमें ही स्थित होते हैं और ज्ञानका ही यज्ञोपवीत पहनते हैं। उनके लिये ज्ञान ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ है। ज्ञान ही सबसे पवित्र बताया गया है। जैसे अग्निकी शिखा उसके स्वरूपसे भिन्न नहीं होती, उसी प्रकार जिस विद्वान् संन्यासीने ज्ञानमयी शिखा धारण कर रक्खी है, वही शिखाधारी कहलाता है; दूसरे

लोग, जो केवल केश धारण करते हैं, वास्तविक शिखाधारी नहीं हैं। जो ब्राह्मण आदि द्विज वैदिक कर्मके अधिकारी माने जाते हैं, उन्हींको यह बाह्य सूत्र—यज्ञोपवीत धारण करना चाहिये; क्योंकि वह कर्मका अङ्ग माना गया है। जिसके ज्ञानमयी शिखा और ज्ञानमय ही यज्ञोपवीत है, उसीमें पूर्णरूपसे ब्राह्मणत्व प्रतिष्ठित है—ब्रह्मज्ञ पुरुष यही मानते हैं ॥ ८०–८९ ॥

'यह सब जानकर ब्राह्मण घरका त्याग करके संन्यासी हो जाय; एक वस्त्र धारण करे, सिरके बाल मुँडा ले और किसी भी वस्तुका संग्रह न करे। यदि शारीरिक क्लेश सहनेमें समर्थ न हो, तो कौपीन आदि धारण करे। यदि वह शारीरिक क्लेश सह सकता हो तो विधिपूर्वक संन्यास ले दिगम्बर रहे। अपने पुत्र, मित्र, स्त्री, माननीय गुरुजन तथा भाई-बन्धु आदिको छोड़कर चला जाय, स्वाध्याय एवं वैदिक कर्मोंके अनुष्ठानका त्याग करके समस्त ब्रह्माण्डके साथ सम्बन्ध त्याग दे। कौपीन, दण्ड और अङ्ग ढकनेका वस्त्र भी न रक्खे। सब प्रकारके द्वन्द्वोंका सहन करते हुए न सर्दीकी परवा करे न गर्मीकी; न सुखके लिये लालायित हो और न दुःखसे भयभीत ही हो। निद्राकी भी चिन्ता न करे। मान-अपमानमें समान भावसे रहे। छहों ऊर्मियोंसे प्रभावित न हो। निन्दा, अहङ्कार, मत्सरता (डाह), गर्व, दम्भ, ईर्ष्या, असूया (दोषदृष्टि), इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि छोड़कर, अपने शरीरको मुर्देके समान मानकर, आत्मासे अतिरिक्त दूसरी किसी भी वस्तुको बाहर-भीतर न स्वीकार करते हुए, न तो किसीके सामने मस्तक झुकाये, न यज्ञ और श्राद्ध करे, न किसीकी निन्दा या स्तुति करे। अकेला ही स्वतन्त्रतापूर्वक विचरण करता रहे। दैवेच्छासे भोजन आदिके लिये जो कुछ भी मिल जाय, उसीपर संतुष्ट रहे। सुवर्ण आदिका संग्रह न करे। न किसीका आवाहन करे न विसर्जन। न मन्त्रका प्रयोग करे न मन्त्रका त्याग करे। न ध्यान करे न उपासना। न कोई लक्ष्य हो न लक्ष्यहीनता। न किसीसे अलग रहे, न संयुक्त। न किसी एक स्थानपर रहनेका आग्रह हो, न अन्यत्र जानेका। कोई उसका अपना घर या आश्रम न हो। उसकी बुद्धि सदा स्थिर रहे। जनशून्य भवन, वृक्षकी जड़, देवालय, घास-फूसकी कुटिया, कुलालशाला, अग्निहोत्रशाला, अग्निदिगन्तर, नदी-तट, पुलिन (कछार), भूगृह (गुफा), पर्वतीय गुफा, झरनेके पास, चबूतरे या वेदीपर अथवा वनमें रहे। श्वेतकेतु, ऋभु, निदाघ, ऋषभ, दुर्वासा, संवर्तक, दत्तात्रेय तथा रैवतककी भाँति न कोई चिह्न धारण करे और न अपने आचारको ही किसीपर प्रकट होने दे। बालक, उन्मत्त अथवा पिशाचकी भाँति व्यवहार करे। उन्मत्त न होते हुए भी उन्मत्तकी भाँति आचरण करे। त्रिदण्ड, झोली, पात्र, कमण्डलु, कटिसूत्र और कौपीन—सब कुछ 'भूः स्वाहा' कहकर जलमें छोड़ दे ॥ ९० ॥

'कटिसूत्र, कौपीन, दण्ड, वस्त्र और कमण्डलु—सबको जलमें छोड़कर दिगम्बर होकर विचरे। आत्माका अनुसंधान करे। दिगम्बरकी भाँति रहकर द्वन्द्वोंको सहन करे—उनसे प्रभावित न हो। किसी भी वस्तुका संग्रह न करे। तत्त्व एवं ब्रह्मकी प्राप्ति करानेवाले ज्ञानमार्गमें भलीभाँति स्थित रहे। मनको शुद्ध रक्खे। प्राण-रक्षाके लिये उचित समयपर हाथरूपी पात्रसे अथवा और किसी पात्रसे बिना माँगे ही मिले हुए आहारको ग्रहण करे। लाभ-हानिको समान मानकर ममतासे रहित हो जाय। केवल ब्रह्मका चिन्तन करे। अध्यात्म-चिन्तनमें ही निष्ठा रक्खे। शुभाशुभ कर्मोंका निर्मूलन करके अपने आत्माके अतिरिक्त प्रत्येक वस्तुको सर्वथा त्याग दे। एकमात्र पूर्णानन्दस्वरूप परमात्माके बोधसे सम्पन्न हो, 'अहं ब्रह्मास्मि' (वह ब्रह्म मैं ही हूँ) ऐसी निश्चित धारणा रखकर भ्रमरका चिन्तन करनेवाले कीटकी तरह केवल ब्रह्मस्वरूप प्रणवका ही चिन्तन करे। तीनों शरीरोंके प्रति अहंता और ममताका भाव त्यागकर, सर्वत्याग करके ही वह शरीरका त्याग करे। इस प्रकार करनेवाला संन्यासी कृतकृत्य होता है, यह उपनिषद् है ॥ ९१-९२ ॥

॥ तृतीय उपदेश समाप्त ॥ ३ ॥

चतुर्थ उपदेश

संन्यास-धर्मके पालनका महत्त्व तथा संन्यासग्रहणकी शास्त्रीय विधि

'जो लोक, वेद, विषय-भोग तथा इन्द्रियोंकी अधीनता त्यागकर केवल आत्मामें ही स्थित रहता है, वह संन्यासी परमगतिको प्राप्त होता है। श्रेष्ठ संन्यासी नाम, गोत्र आदिके वरण देश, काल, शास्त्रज्ञान, कुल, अवस्था, आचार, व्रत और शीलका विज्ञापन न करे। किसी भी स्त्रीसे बातचीत न करे। पहलेकी देखी हुई किसी स्त्रीका स्मरणतक न करे, उनकी चर्चासे भी दूर रहे तथा स्त्रियोंका चित्र भी न देखे। सम्भाषण, स्मरण, चर्चा और चित्रावलोकन—स्त्रीसम्बन्धी

इन चार बातोंका जो मोहवश आचरण करता है, उसके चित्तमें अवश्य ही विकार उत्पन्न होता है और उस विकारसे उसका धर्म निश्चय ही नष्ट हो जाता है। तृष्णा, क्रोध, असत्य, माया, लोभ, मोह, प्रिय, अप्रिय, शिल्पकला, व्याख्यानमें योग देना, कामना, राग, संग्रह, अहङ्कार, ममता, चिकित्साका व्यवसाय, धर्मके लिये साहसका कार्य, प्रायश्चित्त, दूसरोंके घरपर रहना, मन्त्र-प्रयोग, औषध-वितरण, जहर देना, आशीर्वाद देना—ये सब संन्यासीके लिये निषिद्ध हैं। इनका सेवन करनेवाला संन्यासी अपने धर्मसे नीचे गिर जाता है। मोक्षधर्ममें तत्पर रहनेवाला मुनि (संन्यासी) अपने किसी सुहृद्के लिये भी 'आओ, जाओ, ठहरो' स्वागत और सम्मान-की बात न करे। भिक्षु स्वप्नमें भी कभी किसीका दिया हुआ दान न ले। दूसरेको भी न दिलाये और न स्वयं किसीको देने-लेनेके लिये प्रेरित ही करे। स्त्री, भाई, पुत्र आदि तथा अन्य बन्धु-बान्धवोंके शुभ या अशुभ समाचारको सुनकर या देखकर भी संन्यासी कभी कम्पित (विचलित) न हो; वह शोक और मोहको सर्वथा त्याग दे। अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह (किसी वस्तुका संग्रह न करना), उद्दण्डताका अभाव, किसीके सामने दीन न बनना, स्वाभाविक प्रसन्नता, स्थिरता, सरलता, स्नेह न करना, गुरुकी सेवा करना, श्रद्धा, क्षमा, इन्द्रियसंयम, मनोनिग्रह, सबके प्रति उदासीनताका भाव, धीरता, स्वभावकी मधुरता, सहन-शीलता, करुणा, लज्जा, ज्ञान-विज्ञान-परायणता, स्वल्प आहार तथा धारणा—यह मनको वशमें रखनेवाले संन्यासियोंका विख्यात सुधर्म है। द्वन्द्वोंसे रहित, सत्त्वगुणमें सर्वदा स्थित और सर्वत्र समान दृष्टि रखनेवाला तुरीयाश्रममें स्थित परमहंस संन्यासी साक्षात् नारायणका स्वरूप है। गाँवमें एक रात रहे और बड़े नगरमें पाँच रात; किंतु यह नियम वर्षाके अतिरिक्त समयके लिये ही है, वर्षामें चार महीनेतक वह किसी एक ही स्थानपर निवास करे। भिक्षु गाँवमें दो रात कभी न रहे। यदि रहता है तो उसके अन्तःकरणमें राग आदिका प्रसङ्ग आ सकता है। इससे वह नरकगामी होता है। गाँवके एक किनारे किसी निर्जन प्रदेशमें मन और इन्द्रियोंको संयममें रखते हुए निवास करे। कहीं भी अपने लिये मठ या आश्रम न बनाये। जैसे कीड़े हमेशा घूमते रहते हैं, उसी प्रकार आठ महीनोंतक संन्यासी इस पृथिवीपर विचरता रहे। केवल वर्षाके चार महीनोंमें वह एकत्र निवास करे। वह एक वस्त्र पहन-कर रहे अथवा बिना वस्त्रके दिगम्बर होकर रहे। उसकी दृष्टि इधर-उधर चञ्चल न होकर एक लक्ष्यपर ही स्थिर रहे। वह कभी विषयोंमें आसक्त न हो तथा सत्पुरुषोंके पथको कलङ्कित न करते हुए ध्यानपरायण रहकर पृथ्वीपर विचरे। संन्यासी अपने धर्मका पालन करते हुए सदा पवित्र स्थानपर रहे। योगपरायण भिक्षु पृथ्वीतलपर दृष्टि रखते हुए ही सदा विचरण करे। रातको, दोपहरमें तथा दोनों सन्ध्याओंके समय कभी भ्रमण न करे तथा ऐसे स्थानोंपर भी न घूमे जो शून्य, दुर्गम तथा प्राणियोंके लिये बाधाकारक हों। गाँवमें एक रात, पुरवेमें दो दिन, पत्तन (छोटे शहर, कस्बे) में तीन दिन और नगरमें पाँच रात्रियोंतक संन्यासीको रहना चाहिये। वर्षाकालमें किसी एक स्थानपर, जो पवित्र जलसे घिरा हुआ हो, निवास करना चाहिये। भिक्षु सम्पूर्ण भूतोंको अपने ही समान देखता हुआ अंधे, जड़, बहरे, पागल और गूँगेकी भाँति चेष्टा रखकर पृथ्वीपर विचरण करे। बहूदक और वनस्थ यतियोंके लिये तीनों कालोंका स्नान बताया गया है। परंतु जो 'हंस' संन्यासी है, उसके लिये एक ही बार स्नान करनेका विधान है। हंससे भी ऊँची स्थितिमें जो परमहंस है, उसके लिये स्नान आदिका कोई बन्धन नहीं है॥ १–२२॥

'मौन, योगासन, योग, तितिक्षा, एकान्तशीलता, निःस्पृहता तथा समता—ये सात एकदण्डी संन्यासियोंके पालन करनेयोग्य नियम हैं। जो परमहंसकी स्थितिमें पहुँचा हुआ है, उसके लिये स्नान आदि अनिवार्य न होनेके कारण वह केवल सम्पूर्ण चित्तवृत्तियोंका त्यागमात्र करे। चमड़ी, मांस, रक्त, नाड़ी, मज्जा, मेद और हड्डियों-के समुदायरूप इस शरीरमें रमनेवाले पुरुषों तथा मल, मूत्र और पीबमें रमनेवाले कीड़ोंमें कितना अन्तर है? सम्पूर्ण कफ आदि घृणित वस्तुओंकी महाराशिरूप यह शरीर कहाँ और अङ्गशोभा, सौन्दर्य एवं कमनीयता आदि गुण कहाँ। मूर्ख मनुष्य मांस, रक्त, पीब, विष्ठा, मूत्र, नाड़ी, मज्जा और हड्डियोंके समुदायरूप इस शरीरमें यदि प्रीति करता है, तो नरकमें भी उसकी अवश्य प्रीति होगी। स्त्रियोंके उच्चारण न करने योग्य गुप्त अङ्ग और सड़े हुए नाड़ीके घावमें कोई भेद न होनेपर भी मनुष्य अपने मनकी मान्यताके भेदसे प्रायः ठगा जाता है। स्त्रियोंका वह गुप्त अङ्ग क्या है? —दो भागोंमें विदीर्ण हुआ चर्मखण्डमात्र। वह भी अपानवायु-के निकलनेसे दुर्गन्धपूर्ण रहता है। जो लोग उसमें रमण करते हैं, उन्हें नमस्कार है! भला, इससे बढ़कर दुस्साहस और क्या हो सकता है! विद्वान् संन्यासीके लिये न कोई कर्तव्य शेष रहता है और न चिह्नविशेषको धारण करनेकी आवश्यकता। वह ममतारहित, निर्भय, शान्त, निर्द्वन्द्व, वर्ण

आदिके अभिमानसे रहित एवं आहारोपार्जनकी चेष्टासे रहित होता है। संन्यासी मुनि कौपीन पहनकर रहे अथवा नंगा ही रहकर ध्यानमें तत्पर रहे। इस प्रकार ज्ञानपरायण योगी ब्रह्मभावकी प्राप्तिमें समर्थ होता है। संन्यासका चिह्नविशेष होते हुए भी उसमें ज्ञान ही मोक्षका विशेष कारण है। प्राणियोंके लिये नाना प्रकारके चिह्नोंका धारण मोक्षसाधक ज्ञानके अभावमें निरर्थक ही होता है। जिसके विषयमें कोई भी यह नहीं जानता कि यह साधु है या असाधु, मूर्ख है या बहुत बड़ा विद्वान्, अथवा सदाचारी है या दुराचारी, वही ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण है। इसलिये विद्वान् संन्यासी किसी भी चिह्नविशेषको न धारण करके स्वधर्मका ज्ञान रखते हुए सर्वोत्तम ब्रह्मचिन्तन-व्रतका पालन करे। वह गूढ़ धर्मका आश्रय लेकर इस प्रकार आचरण करे, जिससे उसके आचरणके विषयकी कोई बात दूसरोंपर प्रकट न हो। समस्त प्राणियोंके लिये संदेहका विषय बना हुआ वह वर्ण और आश्रमसे रहित हो अन्ध, जड और मूककी भाँति पृथिवीपर विचरण करे। उस शान्तचित्त संन्यासीका दर्शन करके देवता भी वैसी स्थिति प्राप्त करनेके लिये लालायित होते हैं। जब आत्मसत्ताके अतिरिक्त दूसरी किसी वस्तुके अस्तित्वका चिह्न भी न रह जाय, तभी कैवल्य प्राप्त होता है। यही ब्रह्म-तत्त्वका उपदेश है' ॥ २३–३६ ॥

तदनन्तर नारदजीने ब्रह्माजीसे पूछा—'भगवन्! संन्यासकी विधि क्या है, यह बतानेकी कृपा करें।' तब ब्रह्माजीने 'तथास्तु' कहकर स्वीकृति दी और इस प्रकार कहा—'आतुर-संन्यासमें अथवा क्रम-संन्यासमें चतुर्थ आश्रम स्वीकार करनेके लिये पहले प्रायश्चित्तरूपमें कृच्छ्र आदि व्रत करके फिर अष्टश्राद्ध करे। देवता, ऋषि, दिव्यमनुष्य, भूत, पितर, माताएँ और आत्मा—इन आठके निमित्त आठ श्राद्ध करना आवश्यक है। पहले 'सत्य' और 'वसु' नामके विश्वेदेवोंका आवाहन करे; फिर देवश्राद्धमें ब्रह्मा, विष्णु तथा महादेवजीका; ऋषिश्राद्धमें देवर्षि, राजर्षि तथा मानवर्षियोंका; दिव्यश्राद्धमें आठ वसुओं, ग्यारह रुद्रों तथा बारह आदित्योंका; मनुष्य-श्राद्धमें सनक, सनन्दन, सनत्कुमार तथा सनत्सुजातका; भूतश्राद्धमें पृथिवी आदि पञ्च महाभूतों, नेत्र आदि इन्द्रियों तथा जरायुज आदि चतुर्विध प्राणिसमुदायोंका; पितृश्राद्धमें पिता, पितामह तथा प्रपितामहका; मातृश्राद्धमें माता, पितामही और प्रपितामहीका तथा आत्मश्राद्धमें अपना, अपने पिताका और पितामहका—यदि उसके पिता जीवित हों तो पिताको छोड़कर अपना, पितामह और प्रपितामहका आह्वान करे। आठों श्राद्धोंको एक ही यज्ञका अङ्ग बनाकर करनेपर प्रत्येक श्राद्धमें दो-दोके क्रमसे ब्राह्मणोंको निमन्त्रित करके उनका विधिवत् पूजन करे। अथवा यदि आठ पृथक्-पृथक् यज्ञ किये जायँ तो ऐसी स्थितिमें अपनी शाखामें आये हुए मन्त्रोंद्वारा इन आठ श्राद्धोंको आठ दिनमें या एक दिनमें करे। पितृयाग (श्राद्धकल्प) में बताये हुए विधानके अनुसार ब्राह्मणोंके पूजनसे लेकर भोजनतक सब कृत्य विधिपूर्वक सम्पन्न करके पिण्डदान दे। फिर दक्षिणा और ताम्बूलसे ब्राह्मणोंको संतुष्ट करके उन्हें विदा करे और शेष कर्मकी सिद्धिके लिये सात या आठ छोड़कर शेष सभी केशोंको मुँड़वा दे। साथ ही मूँछ, दाढ़ी और नख भी कटवा दे। ऊपर बताये अनुसार सात केशोंको अवश्य बचा ले। काँख और उपस्थके केश भी न कटाये। क्षौरके पश्चात् स्नान करे। उसके बाद सायंकालीन संध्या-वन्दन करके एक सहस्र गायत्रीका जप करे। फिर ब्रह्मयज्ञ करके स्वतन्त्र अग्निकी स्थापना करे। फिर अपनी शाखाका उपसंहार करके उसमें बताये अनुसार आज्यभागपर्यन्त घीकी आहुति दे। हवनकी विधि पूरी करके तीन ग्रास सत्तूका प्राशन (भोजन) करे। फिर आचमन करके अग्निकी रक्षाके लिये उसमें ईंधन आदि रखकर स्वयं अग्निसे उत्तरकी ओर काले मृगचर्मपर बैठ जाय और पुराण-कथा सुनते हुए रातभर जागरण करे। रातके चौथे पहरके अन्तमें स्नान करके पूर्वोक्त अग्निमें चरु पकाये। फिर पुरुषसूक्तके सोलह मन्त्रोंद्वारा उस चरुकी सोलह आहुतियाँ अग्निमें डाले और विरजा-होम करके आचमनपूर्वक दक्षिणासहित वस्त्र, सुवर्ण, पात्र और धेनुका दान करे, और इस प्रकार विधिको पूर्ण करे। इसके बाद ब्रह्माका विसर्जन करके—

सं मा सिञ्चन्तु मरुतः समिन्द्रः सं बृहस्पतिः।
सं मायमग्निः सिञ्चत्वायुषा च धनेन च बलेन चायुष्मन्तं करोतु मा ॥*

या ते अग्ने यज्ञिया तनूस्तयेहारोहात्मात्मानम्।
अच्छा वसूनि कृण्वन्नस्मे नर्या पुरूणि ॥
यज्ञो भूत्वा यज्ञमासीद स्वां योनिम्।
जातवेदो भुव आजायमानः सक्षय एहि ॥†

* अर्थात् मरुद्गण, इन्द्र, बृहस्पति तथा अग्नि—ये सभी देवता मुझपर कल्याणकी वर्षा करें। ये अग्निदेव मुझे आयु, ज्ञान-रूपी धन तथा साधनकी शक्तिसे सम्पन्न करें, साथ ही मुझको दीर्घजीवी भी बनायें।

† हे अग्निदेव! जो तुम्हारा यज्ञिय (यज्ञोंमें प्रकट होनेवाला) स्वरूप है, उसी स्वरूपसे तुम यहाँ पधारो और मेरे लिये बहुत-से

—इन दो मन्त्रोंद्वारा अग्निके आधिदैविक स्वरूपको अपने आत्मामें स्थापित कर ले। फिर अग्निका ध्यान करके प्रदक्षिणा और नमस्कारपूर्वक अग्निशालामें उसका विसर्जन कर दे। तदनन्तर प्रातःसंध्योपासन करके सहस्र बार गायत्रीका जप और सूर्योपस्थान करे। तत्पश्चात् नाभितक जलमें प्रवेश करके उसमें बैठकर अष्ट दिक्पालोंको अर्घ्य दे। फिर गायत्रीका विसर्जन करके सावित्रीको व्याहृतियोंमें प्रविष्ट करे अर्थात् सावित्रीदेवीसे व्याहृतियोंमें प्रवेश करनेकी प्रार्थना करे।

प्रार्थनाके मन्त्र इस प्रकार हैं—

'अहं वृक्षस्य रेरिवा। कीर्तिः पृष्ठं गिरेरिव। ऊर्ध्वपवित्रो वाजिनीव स्वमृतमस्मि। द्रविणं सवर्चसम्। सुमेधा अमृतोक्षितः। इति त्रिशङ्कोर्वेदानुवचनम्।' *

'यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपः। छन्दोभ्योऽध्यमृतात्संबभूव। स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु। अमृतस्य देव धारणो भूयासम्॥' †

शरीरं मे विचर्षणम्। जिह्वा मे मधुमत्तमा। कर्णाभ्यां भूरि विश्रवम्। ब्रह्मणः कोशोऽसि मेधयापिहितः। श्रुतं मे गोपाय॥' ‡

'दारैषणायाश्च धनैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थितोऽहम्' 'ॐ भूः संन्यस्तं मया' 'ॐ भुवः संन्यस्तं मया' 'ॐ सुवः संन्यस्तं मया' 'ॐ भूर्भुवः सुवः संन्यस्तं मया' §

'इस प्रकार मन्द, मध्यम और उच्च स्वरसे वाणीद्वारा अथवा मन-ही-मन इन मन्त्रोंका उच्चारण करके तथा **'अभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः सर्वं प्रवर्तते स्वाहा'** (मेरी ओरसे सब प्राणियोंको अभयदान दिया गया, मुझसे ही सबकी प्रवृत्ति होती है) इस मन्त्रसे जलका आचमन करके पूर्व दिशाकी ओर पूरी अञ्जलि भर जल डालकर **'ॐ स्वाहा'** कहकर शेष बचे हुए शिखाके बालोंको उखाड़ डाले। तत्पश्चात्—

यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः॥
यज्ञोपवीतं बहिर्न निवसेत् त्वमन्तः प्रविश्य मध्ये ह्यजस्रम्।
परमं पवित्रं यशो बलं ज्ञानवैराग्यं मेधां प्रयच्छ॥ *

—यह मन्त्र पढ़कर यज्ञोपवीत तोड़ डाले। और उसे जलाञ्जलिके साथ हाथमें लेकर **'ॐ भूः समुद्रं गच्छ स्वाहा'**—इस मन्त्रके द्वारा जलमें ही होम दे। फिर **'ॐ भूः संन्यस्तं मया' 'ॐ भुवः संन्यस्तं मया' 'ॐ सुवः संन्यस्तं मया'**—इस प्रकार तीन बार कहकर, तीन बार जलको अभिमन्त्रित करके उसका आचमन करे। तत्पश्चात् **'ॐ भूः स्वाहा'** कहकर वस्त्र और कटिसूत्रको भी जलमें ही त्याग दे। तदनन्तर इस बातका स्मरण करते हुए कि मैं सब कर्मोंका त्यागी हूँ, दिगम्बर होकर स्वरूपका चिन्तन करते हुए ऊपर बाँह उठाये हुए उत्तर दिशाकी ओर चला जाय॥ ३७॥

'यदि पूर्ववत् विद्वत्-संन्यासी हो तो गुरुसे प्रणव और महावाक्यका उपदेश प्राप्त करके, मुझसे भिन्न दूसरा कोई नहीं है—इस निश्चयके साथ आनन्दपूर्वक विचरण करता रहे। फल, पत्र और जलका ही आहार करे। पर्वत, वन तथा देवमन्दिरोंमें संचरण करे। संन्यासके बाद यदि दिगम्बर हो गया तो वह अपने हृदयमें सदा केवल आनन्दस्वरूप आत्माकी अनुभूतिको ही भरकर कर्मोंसे अत्यन्त दूर रहनेमें ही लाभ मानता हुआ फलोंके रस, छिलके, पत्ते, मूल एवं जलसे प्राण धारण करे और केवल मोक्षकी ही अभिलाषा रखकर पर्वतकी कन्दराओंमें प्रणवका जप एवं ब्रह्मका चिन्तन करते हुए सर्वत्र संचरण करनेवाले अपने शरीरका त्याग कर दे॥३८॥

मनुष्योपयोगी विशुद्ध धन (साधन-सम्पत्ति) की सृष्टि करते हुए आत्मारूपसे मेरे आत्मामें विराजमान हो जाओ। तुम यज्ञरूप होकर अपने कारणरूप यज्ञमें पहुँच जाओ। हे जातवेदा! तुम पृथिवीसे उत्पन्न होकर अपने धामके साथ यहाँ पधारो।

* इस मन्त्रका अर्थ इसी अङ्कके पृष्ठ ३२८ पर देखिये।

†-‡ ये दोनों मन्त्र एक ही मन्त्रके भाग हैं। पूरे मन्त्रका अर्थ इसी अङ्कके पृष्ठ ३१८ पर देखिये।

§ इन वाक्योंका अर्थ इस प्रकार है—'मैं स्त्रीकी कामना, धनकी कामना और लोकमें ख्यातिकी कामनासे ऊपर उठ गया हूँ। मैंने भूलोकका संन्यास (पूर्णतः त्याग) कर दिया। मैंने भुवः (अन्तरिक्ष) लोकका परित्याग कर दिया तथा मैंने स्वर्गलोकको भी सर्वथा त्याग दिया। मैंने भूर्लोक, भुवर्लोक और स्वर्गलोक—इन तीनोंको भलीभाँति त्याग दिया।'

* यह यज्ञसूत्र परम पवित्र है। यह पूर्वकालमें प्रजापतिके साथ ही प्रकट हुआ था। यह सर्वश्रेष्ठ आयुष्य (आयु बढ़ानेका साधन) है। इस यज्ञोपवीतको मेरे कण्ठमें पहना दो। यह शुभ्र यज्ञोपवीत मेरे बल और तेजको बढ़ानेवाला हो। यज्ञोपवीत बाहर न रहे। हे यज्ञमय सूत्र! तुम मेरे भीतर प्रवेशकर मेरे आत्माके साथ निरन्तर एक होकर रहो। तुम परम पवित्र हो। मुझे सुयश, बल, ज्ञान, वैराग्य तथा धारणाशक्ति प्रदान करो।

'यदि ज्ञानप्राप्तिकी इच्छासे संन्यासी हुआ हो तो वह सौ पग जानेके पश्चात् आचार्य आदि ब्राह्मणोंद्वारा यों कहकर बुलानेपर कि—'हे महाभाग ! ठहरो, ठहरो; यह दण्ड, वस्त्र और कमण्डलु ग्रहण करो। तुम्हें प्रणव और महावाक्यका उपदेश ग्रहण करनेके लिये गुरुके निकट आना चाहिये।' उनके समीप आ जाय। फिर आचार्योंद्वारा देनेपर दण्ड, कटिसूत्र, कौपीन, एक शाटी (चादर) और एक कमण्डलु ग्रहण करे। दण्ड बाँसका होना चाहिये। उसकी ऊँचाई पैरसे लेकर मस्तक तककी हो। वह खरोंच अथवा छेदसे रहित, बराबर चिकना एवं उत्तम लक्षणोंसे युक्त हो। उसका रंग काला न हो। इन सब वस्तुओंको लेनेके पहले वह आचमन कर ले और—

सखा मा गोपायौजः सखा योऽसीन्द्रस्य वज्रोऽसि वार्त्रघ्नः शर्म मे भव यत्पापं तन्निवारय।*

—इस मन्त्रका उच्चारण करके दण्डको हाथमें ले। फिर—

जगज्जीवनं जीवनाधारभूतं मा ते मा मन्त्रयस्व सर्वदा सर्वसौम्य।

—इस मन्त्रके साथ प्रणवका उच्चारण करते हुए कमण्डलु ग्रहण करे। तत्पश्चात् **'कौपीनाधारं कटिसूत्रमोम्'** यों कहकर कटिसूत्र ग्रहण करे; **'गुह्याच्छादकं कौपीनमोम्'** यों कहकर कौपीन ग्रहण करे तथा **'शीतवातोष्णत्राणकरं देहैकरक्षणं वस्त्रमोम्'** इस मन्त्रका उच्चारण करके वस्त्र ग्रहण करे। तदनन्तर पुनः आचमन करके योगपट्टाभिषिक्त हो 'मैं कृतार्थ हो गया,' यह मानता हुआ अपने आश्रमोचित सदाचारके पालनमें तत्पर हो जाय। यह उपनिषद् है॥ ३९॥

॥ चतुर्थ उपदेश समाप्त ॥ ४ ॥

पञ्चम उपदेश

संन्यास और संन्यासीके भेद तथा संन्यास-धर्म और उसके पालनका महत्त्व

इसके बाद अपने पिता ब्रह्माजीसे देवर्षि नारदने पूछा—'भगवन् ! आपने ही बताया है कि संन्यास सब कर्मोंकी निवृत्ति करनेवाला है; फिर आप ही यह भी कहते हैं कि संन्यासी अपने आश्रमोचित आचारके पालनमें तत्पर हो जाय। (ये दोनों बातें परस्परविरुद्ध जान पड़ती हैं। इस विरोधका परिहार कैसे हो ?)' तब पितामहने कहा—'शरीरमें स्थित देहधारी जीवकी चार अवस्थाएँ होती हैं—जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय। इन अवस्थाओंके अधीन होकर ही पुरुष कर्म, ज्ञान और वैराग्यके प्रवर्त्तक होते हैं। तथा समस्त प्राणी इन चार अवस्थाओंके अधीन होकर जब-जब जिस अवस्थामें स्थित होते हैं, उसके अनुकूल आचरण करते हैं। (इसी प्रकार जो जिस आश्रममें स्थित होता है, वह उसीके अनुकूल आचरण करता है। ब्रह्मचारी, गृहस्थ और वानप्रस्थके द्वारा अनिवार्यरूपसे सेवन करनेयोग्य जो श्रौत-स्मार्त कर्म हैं, संन्यास उन्हीं कर्मोंका निवर्तक है। परंतु संन्यास-आश्रमके अनुकूल जो श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदि साधन हैं, उनका त्याग वहाँ भी नहीं होता। इसी दृष्टिसे यह कहा गया है कि संन्यासी अपने आश्रमोचित सदाचारके पालनमें तत्पर हो जाय।' नारदजीने कहा—'भगवन् ! ठीक है। अब हमें यथार्थरूपसे यह बताइये कि संन्यासके कितने भेद हैं और उनके अनुष्ठानमें किस प्रकारका अन्तर है ?'

ब्रह्माजीने कहा—'बहुत अच्छा। संन्यास-भेदसे आचार-भेद कैसे होता है, यह जानना चाहते हो तो बतलाता हूँ; श्रवण करो। वास्तवमें तो संन्यास एक ही है; किंतु अज्ञानसे, असमर्थतावश और कर्मलोपके कारण तीन भेदोंमें विभक्त होकर वैराग्य-संन्यास, ज्ञान-संन्यास, ज्ञान-वैराग्य-संन्यास और कर्म-संन्यास—इन चार भेदोंको प्राप्त होता है। वह सब इस प्रकार है। मनमें अनर्थकारी दुष्ट कामका अभाव होनेसे विषयोंकी ओरसे विरक्त होकर जो पूर्वजन्मके पुण्यकर्मके प्रभावसे संन्यास लेता है, वह वैराग्य-संन्यासी कहलाता है। जो शास्त्रको जाननेसे तथा पापमय एवं पुण्यमय लोकोंका अनुभव और श्रवण करनेसे प्रपञ्चकी ओरसे स्वभावतः विरक्त हो गया है, क्रोध, ईर्ष्या, असूया (दोषदृष्टि), अहंकार और अभिमान ही जिसके स्वरूप हैं, ऐसे समस्त संसारको अपने मनसे हटाकर, स्त्री-कामना धन-कामना और लोकमें ख्यातिकी

* हे दण्ड ! तुम मेरे सखा (सहायक) हो, मेरी रक्षा करो। मेरे ओज (प्राणशक्ति) की रक्षा करो। तुम वही मेरे सखा हो, जो इन्द्रके हाथमें वज्रके रूपमें रहते हो। तुमने ही वज्ररूपसे आघात करके वृत्रासुरका संहार किया है। तुम मेरे लिये कल्याणमय बनो। मुझमें जो पाप हो, उसका निवारण करो।

कामना—इन त्रिविध स्वरूपोंवाली दैहिक वासनाको, शास्त्रवासनाको तथा लोक-वासनाको त्याग देता है; तथा जैसे साधारण लोग वमन किये हुए अन्नको त्याज्य समझते हैं, उसी प्रकार इन समस्त भोगोंको त्याज्य मानकर जो साधन-चतुष्टयसे सम्पन्न हो संन्यास ग्रहण करता है, वही ज्ञान-संन्यासी कहलाता है। जो क्रमशः सब शास्त्रोंका अभ्यास करके, सब कुछ अनुभवमें लाकर ज्ञान और वैराग्यके द्वारा केवल अपने स्वरूपका ही चिन्तन करते हुए दिगम्बर हो जाता है, वही यह ज्ञान-वैराग्य-संन्यासी है। जो ब्रह्मचर्यको समाप्त करके गृहस्थ होकर, तथा गृहस्थसे वानप्रस्थ-आश्रममें प्रवेश करके पूर्ण वैराग्य न होनेपर भी आश्रम-क्रमके अनुसार अन्तमें संन्यास ग्रहण करता है, वह कर्म-संन्यासी है। अथवा ब्रह्मचर्यसे ही संन्यास लेकर संन्याससे जो दिगम्बर हो जाता है, वह वैराग्य-संन्यासी है। विद्वत्संन्यासी ज्ञान-संन्यासी है। तथा विविदिषा-संन्यासी कर्म-संन्यासी है ॥ १–७ ॥

"कर्म-संन्यास भी दो प्रकारका होता है—एक निमित्त-संन्यास और दूसरा अनिमित्त-संन्यास। आतुर-संन्यास निमित्त-संन्यास कहलाता है और क्रम-संन्यासको अनिमित्त-संन्यास कहते हैं। रोग आदिसे आतुर होनेके कारण जिसमें सब कर्मोंका लोप हो जाता है, अर्थात् जिसमें नित्य-नैमित्तिक आदि कोई कर्म नहीं बन सकते, तथा जो प्राणत्यागके समय स्वीकार किया जाता है, वह संन्यास निमित्त-संन्यास माना गया है। (इसीको आतुर-संन्यास भी कहते हैं।) शरीरके सबल होनेपर जो विचारके द्वारा यह निश्चय करके कि उत्पन्न होनेवाली सब वस्तुएँ नश्वर हैं, देह आदि सबको त्याज्य मानता और—

हंसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत्॥

'वह परमात्मा आकाशमें विचरनेवाला हंस (सूर्य) है, अन्तरिक्षचारी वसु है। वही होता और वेदीपर स्थापित अग्नि है। गृहस्थोंके घरोंमें अतिथिरूपसे आश्रय लेनेवाला भी वही है। मनुष्योंमें उसीकी सत्ता है। श्रेष्ठ वस्तुओंमें भी उसीका अस्तित्व है। सत्यमें उसीका निवास है। आकाशमें भी वही सत्य है। वही जलसे प्रकट होता है। वही गौ (पृथ्वी एवं वाणी) से प्रकट होनेवाला है। सत्यसे भी उसीका प्रादुर्भाव होता है। वही पर्वतोंसे प्रकट होता है तथा इन सबसे भिन्न एवं विलक्षणरूपमें वही एकमात्र महान् सत्य है।'

—इस मन्त्रके अनुसार केवल परब्रह्म परमेश्वरको ही सत्य समझता और ब्रह्मसे अतिरिक्त सब कुछ नश्वर है, इस निश्चयपर पहुँचकर क्रमशः संन्यास-आश्रम ग्रहण करता है, उसका वह संन्यास अनिमित्त-संन्यास कहा गया है। संन्यासी छः प्रकारके होते हैं—कुटीचक, बहूदक, हंस, परमहंस, तुरीयातीत तथा अवधूत। कुटीचक संन्यासी शिखा और यज्ञोपवीतसे युक्त होता है। वह दण्ड, कमण्डलु, कौपीन और कन्था धारण करता है। पिता, माता और गुरु—तीनोंकी सेवामें संलग्न रहता है। पिठर (पात्र), खनित्र (खनती) और झोली आदि साथ रखता है और मन्त्र-साधनमें लगा रहता है, एक ही जगह भोजन करता रहता है, श्वेत ऊर्ध्वपुण्ड्र धारण करता है और त्रिदण्डी होता है। बहूदक भी कुटीचककी भाँति शिखा, यज्ञोपवीत, दण्ड, कमण्डलु, कौपीन और कन्था धारण करते हैं। ललाटमें त्रिपुण्ड्र लगाते हैं। सबके प्रति समभाव रखते हैं और मधुकरी-वृत्तिसे कई घरोंसे अन्न लाकर केवल आठ ग्रास भोजन करते हैं। हंसनामक संन्यासी जटा धारण करनेवाले, त्रिपुण्ड्रोर्ध्व-पुण्ड्रधारी, अनिश्चित घरोंसे मधुकरी लाकर भोजन करनेवाले तथा कौपीनखण्ड एवं तुण्ड (तूँबी) धारण करते हैं। परमहंस शिखा और यज्ञोपवीतसे रहित होते हैं। वे पाँच गृहोंसे अन्न लाकर केवल एक रात भोजन करते हैं अर्थात् दूसरे दिन दूसरे पाँच गृहोंका अन्न ग्रहण करते हैं। उनका हाथ ही पात्र होता है। अतएव वे 'करपात्री' कहलाते हैं। एक कौपीन धारण करते, एक ओढ़नेका वस्त्र रखते और बाँसका दण्ड धारण करते हैं। वे या तो एक चादर ओढ़कर रहते हैं या सब अङ्गोंमें भस्म रमाये रहते हैं। परमहंस सर्वत्यागी होते हैं। तुरीयातीत संन्यासी गोमुख होते हैं अर्थात् जैसे गायें दैवेच्छावश जो तृण आदि प्राप्त हो जाय, उसीसे निर्वाह करती हैं, उसी प्रकार वे दैवेच्छावश जो कुछ प्राप्त हो जाय उसीको अपना ग्रास बनाते हैं। विशेषतः वे फलाहारी होते हैं। यदि अन्नाहारी हों तो केवल तीन घरोंका अन्न ग्रहण करते हैं। देहके सिवा और कुछ उनके पास शेष नहीं रहता। वे दिगम्बर रहते और मुर्दोंकी तरह शारीरिक चेष्टासे रहित होते हैं। अवधूत किसी नियमके बन्धनमें नहीं रहता। वह कलङ्कित और पतित मनुष्योंको छोड़कर शेष सभी वर्णोंके मनुष्योंसे अजगर-वृत्तिके अनुसार आहार ग्रहण करता है तथा सर्वदा अपने स्वरूपके चिन्तनमें लगा रहता है ॥ ८—१७ ॥

'आतुर पुरुष संन्यास लेनेके बाद यदि जी जाय तो उसे सम्पूर्ण विधियोंका पालन करते हुए क्रम-संन्यास ग्रहण करना चाहिये। कुटीचक, बहूदक और हंस—इन तीन प्रकारके संन्यासियोंकी संन्यास-विधि ब्रह्मचर्यादि आश्रमसे लेकर चतुर्था-

श्रमतककी भाँति है अर्थात् उनके लिये क्रम-संन्यासका विधान है। परमहंस आदि (अर्थात् परमहंस, तुरीयातीत एवं अवधूत—इन) तीन प्रकारके संन्यासियोंके लिये कटिसूत्र, कौपीन, वस्त्र, कमण्डलु और दण्ड धारण करनेकी आवश्यकता नहीं है। वे सभी वर्णोंके घरसे एक बार भिक्षाटन कर सकते हैं, तथा उन्हें दिगम्बर होना चाहिये। यही उनके लिये सामान्य विधि है। संन्यास-ग्रहणके समय भी जबतक उनके भीतर अलंबुद्धि न हो जाय अर्थात् अबतक मैंने जो कुछ अध्ययन किया है, वह पर्याप्त है; उससे अधिक अध्ययन करनेकी अपने लिये कोई आवश्यकता नहीं है—ऐसी बुद्धि जबतक उत्पन्न न हो जाय, तबतक उन्हें अध्ययन करना चाहिये। उसके पश्चात् कटिसूत्र, कौपीन, दण्ड, वस्त्र और कमण्डलु—सबका जलमें विसर्जन कर देना चाहिये। यदि वह दिगम्बर हो तो कन्थाका लेशमात्र भी अपने पास न रक्खे। न अध्ययन करे, न व्याख्यान दे और न कुछ श्रवण ही करे। प्रणवके सिवा और कुछ न पढ़े। न तर्कशास्त्र पढ़े, न शब्दशास्त्र। बहुत-से शब्दोंकी शिक्षा न दे। वागिन्द्रियके द्वारा वाणीका व्यर्थ अपव्यय न करे (अधिक न बोले)। हाथ आदिके इशारे-से बात करना या अन्य किसी भाषाविशेषके द्वारा भी बात करना निषिद्ध है। शूद्र, स्त्री, पतित एवं रजस्वलासे बातचीत न करे। यतिके लिये देव-पूजाका विधान नहीं है। उसे उत्सव नहीं देखना चाहिये तथा तीर्थ-यात्रा भी उसके लिये आवश्यक नहीं है॥ १८—२०॥

'अब पुनः संन्यासीके विशेष नियम बताये जाते हैं। कुटीचक संन्यासीके लिये ही एक स्थानपर भिक्षा ग्रहण करनेकी विधि है। बहूदकके लिये अनिश्चित घरोंसे मधुकरी ग्रहण करने-का विधान है। हंसके लिये आठ घरोंसे आठ ग्रास अन्न लेकर भोजन करनेका विधान है। परमहंसके लिये पाँच घरोंसे अन्न लेनेका नियम है। हाथ ही उसका पात्र है। तुरीयातीत-के लिये गोमुख-वृत्तिसे फलाहारका नियम है। अर्थात् जैसे गायको जो कुछ भी खिलाया जाय, वह मुँह खोलकर ले लेती है, उसी प्रकार दैवेच्छासे जो कुछ भी फल-फूल मिल जाय, उसीको वह ग्रहण करे। अवधूतके लिये सभी वर्णोंके लोगोंके यहाँसे अजगरवृत्तिके अनुसार अन्न-ग्रहण करनेका नियम है। यति किसी गृहस्थके घर एक रात भी न ठहरे। किसीको भी नमस्कार न करे। तुरीयातीत और अवधूत—इन दोनोंमें अवस्थाके अनुसार कोई जेठा या छोटा नहीं होता। जिसे अपने स्वरूपका ज्ञान नहीं है, वह अवस्थामें बड़ा होनेपर भी छोटा ही है। संन्यासी अपने हाथसे तैरकर नदी पार न करे। पेड़पर न चढ़े। सवारीपर न चले। खरीद-बिक्री न करे। किसी वस्तुकी अदला-बदली भी न करे। दम्भी और असत्य-वादी न बने। यतिके लिये कुछ भी कर्तव्य नहीं है। यदि है तो उसमें अन्य आश्रमोंके धर्मोंकी संकरताका दोष आता है। इसलिये संन्यासियोंका मनन आदिमें ही अधिकार है॥२१॥

'आतुर और कुटीचकके लिये भूर्लोक और भुवर्लोककी प्राप्ति होती है। बहूदकको स्वर्गलोक, हंसको तपोलोक तथा परमहंसको सत्यलोक प्राप्त होता है। तुरीयातीत एवं अवधूतको अपने आत्मामें ही कैवल्य प्राप्त होता है। वह भ्रमरका चिन्तन करनेवाले कीटकी भाँति निरन्तर स्वरूपका अनुसंधान करते रहनेके कारण आत्मरूप ही हो जाता है। मनुष्य जिस-जिस भावका चिन्तन करते हुए अन्तमें शरीरका त्याग करता है, उसी-उसीको वह प्राप्त होता है—यह बात अन्यथा नहीं है। यह श्रुतिका उपदेश है॥ २२-२३॥

'अतः यों जानकर संन्यासी आत्माके स्वरूपका चिन्तन छोड़कर और किसी आचारमें तत्पर न हो। भिन्न-भिन्न आचारोंका अनुष्ठान करनेसे तदनुकूल लोकोंकी प्राप्ति होती है; परंतु ज्ञान-वैराग्यसम्पन्न संन्यासीकी अपने आपमें ही मुक्ति होती है। किसी भी अन्य आचारमें आसक्त न होना ही उसका अपना आचार है। जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—इन तीनों अवस्थाओंमें वह एकरूप होता है। जाग्रत्कालमें वही विश्व, स्वप्नकालमें तैजस और सुषुप्तिकालमें प्राज्ञ कहलाता है। अवस्था-भेदसे उन-उन अवस्थाओंके स्वामीमें भेद होता है। कार्य-भेदसे ही कारण-भेद माना जाता है। जाग्रत् आदि अवस्थाओंमें चौदह करणोंकी[1] जो बाह्य वृत्तियाँ और अन्तर्वृत्तियाँ हैं, उनका उपादान-कारण एक है। आन्तरिक वृत्तियाँ चार मानी गयी हैं—मन, बुद्धि, अहंकार और चित्त। उन-उन वृत्तियोंके व्यापार-भेदसे पृथक्-पृथक् आचार-भेद होता है॥ २४॥

'जाग्रत्-अवस्था और उसके स्वामी विश्वकी स्थिति नेत्रके भीतर है। स्वप्न और उसके अधिष्ठाता तैजसका कण्ठमें समावेश है। सुषुप्त और उसके स्वामी प्राज्ञकी स्थिति हृदयमें है तथा तुरीय परमेश्वरकी स्थिति मस्तक (ब्रह्मरन्ध्र)में मानी

१. श्रोत्र, नेत्र, घ्राण, त्वचा, रसना—ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ; वाक्, पाणि, चरण, गुदा और उपस्थ—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ तथा मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार—ये चार अन्तःकरण—सब मिलकर चौदह करण कहे गये हैं।

गयी है। जाग्रत् आदि तीनों अवस्थाओंको प्रकाशित करते हुए तुरीयरूपमें जिसकी स्थिति बतायी गयी है, वह तुरीयस्वरूप अविनाशी परमात्मा मैं ही हूँ—यों जानकर जो जाग्रत्-अवस्थामें भी सुषुप्तकी भाँति रहता है; जो-जो सुनी और जो-जो देखी हुई वस्तु है, वह सब मानो अविज्ञात (अपरिचित)-सी है—इस प्रकार उनकी ओर ध्यान न देते हुए जो निवास करता है, उसकी स्वप्नावस्थामें भी वैसी ही अवस्था बनी रहती है। अर्थात् वह स्वप्नमें उपलब्ध पदार्थोंको भी ग्रहण नहीं करता। ऐसा पुरुष जीवन्मुक्त है—इस प्रकार ज्ञानीजन कहते हैं। समस्त श्रुतियोंके अर्थका प्रतिपादन भी यही है कि उसी-की मुक्ति होती है। भिक्षु इहलोक और परलोकके विषयोंकी भी अपेक्षा नहीं रखता। यदि उसमें अपेक्षा हो तो उसीके अनुरूप वह बन जायगा—अपने स्वरूपसे नीचे गिर जायगा। स्वरूपानुसन्धानको छोड़कर अन्य शास्त्रोंका अभ्यास उसके लिये उसी प्रकार व्यर्थ है, जैसे ऊँटकी पीठपर लदा हुआ केसरका भार। उसकी योगशास्त्रमें प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिये। उसे सांख्यशास्त्रका अभ्यास तथा मन्त्र-तन्त्रका व्यापार भी नहीं करना चाहिये। यदि संन्यासीकी प्रवृत्ति अन्यान्य शास्त्रों-में होती है, तो वह सब उसके लिये मुर्देको पहनाये हुए आभूषणके समान है। चमारकी भाँति सबसे अत्यन्त दूर रहकर कर्म, आचार और विद्यासे भी दूर रहे। प्रणवका भी उच्च स्वरसे कीर्तन न करे; क्योंकि मनुष्य जो-जो कर्म करता है, उसका फल भी उसे भोगना पड़ता है। अतः सबको रेड़ी-के तेलके फेनकी भाँति निःसार समझकर त्याग दे और परमात्मचिन्तनमें संलग्न मनोमय दण्ड तथा हाथरूपी पात्र धारण करनेवाले दिगम्बर संन्यासीका दर्शन करके—उसके आदर्शको सामने रखकर भिक्षु सब ओर विचरण करे। वह बालक, उन्मत्त तथा पिशाचकी भाँति जीवन अथवा मृत्युकी कामना न करे। आज्ञाकारी भृत्यकी भाँति भिक्षु केवल काल-की ही प्रतीक्षा करता रहे॥ २५-२६॥

'जो तितिक्षा (सहनशीलता), ज्ञान, वैराग्य और शम-दम आदि सद्गुणोंसे शून्य रहकर केवल भिक्षासे जीवन-निर्वाह करता है, वह संन्यासी संन्यास-वृत्तिका हनन करनेवाला है। केवल दण्ड धारण करने, मूँड़ मुँड़ाने, वेष बनाने और दिखावेके लिये किसी आचारका पालन करनेसे मोक्ष नहीं मिलता। जिसने ज्ञानरूप दण्ड धारण किया है, वही एकदण्डी कहलाता है। जिसने काष्ठका दण्ड तो धारण कर लिया है किंतु मनमें सम्पूर्ण कामनाओंको स्थान दे रक्खा है, तथा जो ज्ञानसे सर्वथा शून्य है, वह संन्यासी महारौरव नामक घोर नरकोंमें पड़ता है। महर्षियोंने प्रतिष्ठाको शूकरीकी विष्ठाके समान बताया है। अतः संन्यासी इस प्रतिष्ठाको त्यागकर, कीटकी भाँति सर्वत्र विचरण करे। दिगम्बर संन्यासी बिना माँगे जो मिल जाय, वही भोजन करे और वैसे ही वस्त्रसे अपने शरीरको ढँके। वह दूसरोंकी इच्छासे ही वस्त्र पहने और दूसरोंकी इच्छासे ही स्नान करे। जो स्वप्नमें भी जाग्रत्-अवस्थाकी भाँति ही विशेषरूपसे सावधान हो वैसी ही चेष्टा करता है, वह श्रेष्ठ संन्यासी ब्रह्मवेत्ताओंमें वरिष्ठ (प्रधान) माना गया है। भिक्षा आदि न मिलनेपर विषाद न करे और मिल जानेपर हर्षसे फूल न उठे। भिक्षा उतनी ही ग्रहण करे, जितनेसे प्राण-रक्षा हो सके। शब्द आदि विषयोंकी आसक्तिसे सर्वथा दूर रहे। सम्मानकी प्राप्तिको वह सब प्रकारसे घृणाकी दृष्टिसे ही देखे। सम्मानका लाभ उठानेवाला संन्यासी मुक्त होनेपर भी बँध जाता है॥ २७—३४॥

'जब चूल्हेकी आग बुझ जाय, घरके सब लोग भोजन कर लें, ऐसे समयमें संन्यासी उत्तम वर्णवाले गृहस्थोंके घर भिक्षा लेने जाय। भिक्षाका उद्देश्य प्राण-यात्राका निर्वाहमात्र होना चाहिये। हाथको ही पात्र बनाकर विचरनेवाला करपात्री यति बार-बार भिक्षा न माँगे। एक बारमें जो मिल जाय, उसे खड़े-खड़े पा ले या चलते-चलते भोजन करे। जबतक हाथका भोजन समाप्त न हो जाय, बीचमें आचमन (जलपान) न करे। संन्यासी समुद्रकी भाँति मर्यादाके भीतर ही रहते हैं। उनका आशय महान् होता है। वे महान् होकर भी सूर्यकी भाँति नियति (नियत मार्ग) का त्याग नहीं करते। जिस समय संन्यासी मुनि गौकी भाँति मुखसे आहार ग्रहण करने लगता है अर्थात् यदि कोई उसके मुखमें कुछ डाल दे, तभी वह भोजन करता है, उस समय सम्पूर्ण प्राणियोंके प्रति उसका समभाव हो जाता है और वह अमृतत्व (मोक्ष)-प्राप्तिका अधिकारी बन जाता है। जो घर निन्दनीय न हो, वहीं भिक्षा लेनेके लिये जाय। निन्दनीय घरोंको छोड़ दे। जिस घरका दरवाजा खुला हो, उसीमें प्रवेश करे। जिसका द्वार बंद हो, उस घरमें न जाय। वह धूलसे आच्छादित निर्जन घरोंमें आश्रय ले अथवा वृक्षकी जड़को ही अपना निवासस्थान बनाये। समस्त प्रिय और अप्रियकी भावनाओंको त्याग दे॥ ३५—४०॥

'संन्यासी मुनि जहाँ सूर्यास्त हो जाय, वहीं सो रहे। न तो अग्नि रक्खे और न कोई घर ही बनाये। दैवेच्छासे जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसीपर जीवन-निर्वाह करे। मन

और इन्द्रियोंको सदा अपने वशमें रक्खे। जो संन्यासी घरसे निकलकर वनका आश्रय ले इन्द्रिय-संयमपूर्वक ज्ञानयज्ञका अनुष्ठान करता है और कालकी प्रतीक्षा करता हुआ विचरता रहता है, वह निश्चय ही ब्रह्मभावको प्राप्त करनेका अधिकारी होता है। जो मुनि सम्पूर्ण भूतोंको अभय-दान करके विचरता है, उसे भी किसी प्राणीसे कहीं भय उत्पन्न नहीं होता। जो मान और अहंकारका त्याग करके द्वन्द्वजनित विकारसे रहित हो जाता है; जिसके मनके संदेह नष्ट हो जाते हैं; जो न तो किसीपर क्रोध करता, न किसीसे द्वेष रखता और न वाणीसे कभी असत्य ही बोलता है; जो पुण्य-स्थानोंमें विचरता, किसी भी प्राणीकी हिंसा नहीं करता तथा समय प्राप्त होनेपर भिक्षासे जीवन-निर्वाह करता है, वह ब्रह्मभावको प्राप्त करनेमें समर्थ होता है। संन्यासी वानप्रस्थ और गृहस्थोंसे कभी संसर्ग न रक्खे। वह इस बातको चाहता रहे कि जिससे उसकी जीवन-चर्या दूसरोंपर प्रकट न हो। संन्यासीमें हर्षका आवेश नहीं होना चाहिये। जैसे कीट सदा चलते रहते हैं, उसी प्रकार संन्यासी भी सूर्यके दिखाये हुए मार्गसे पृथिवीपर विचरता रहे अर्थात् रातको न चले॥ ४१—४६॥

'कामनासे युक्त, हिंसासे युक्त तथा लोक-संग्रहसे युक्त जो-जो कर्म हैं, उनको संन्यासी न तो स्वयं करे और न दूसरोंसे ही कराये। असत् शास्त्रोंमें कभी आसक्त न हो। कोई जीविकाका साधनभूत कर्म करके जीवन-निर्वाह न करे। अनावश्यक बात करना और तर्क करना छोड़ दे। वादी और प्रतिवादीमेंसे किसीका पक्ष ग्रहण न करे। शिष्योंका संग्रह न करे। बहुत-से ग्रन्थोंका अभ्यास न करे तथा अपने पक्षकी सिद्धिके लिये खींचतानकी व्याख्याका उपयोग न करे। नये-नये आयोजन कभी न करे—सर्वथा निःसङ्कल्प होकर रहे। वह अपने आश्रमके चिह्नविशेष तथा अपने गूढ़ अभिप्रायको दूसरोंपर प्रकट न होने दे। मुनि होकर भी उन्मत्त और बालकोंकी भाँति चेष्टा करे। विद्वान् होते हुए भी मूककी भाँति रहे। मनुष्योंके समक्ष उन्हींकी दृष्टिके अनुसार अपनेको प्रदर्शित करे। वह न तो कुछ करे, न कुछ बोले और न भले अथवा बुरेका चिन्तन ही करे। अपने आत्मामें ही रमण करता रहे। संन्यासी मुनि इसी वृत्तिसे रहकर जड़की भाँति सर्वत्र विचरता रहे। इन्द्रियोंको संयममें रखते हुए आसक्तिका सर्वथा त्याग करके वह अकेला ही इस पृथिवीपर भ्रमण करे। आत्मामें ही क्रीडा और आत्मामें ही रमण करनेवाला मनस्वी पुरुष सर्वत्र समान दृष्टि रक्खे। विद्वान् होकर भी बालककी भाँति क्रीडा करे। कार्यकुशल होकर भी मूर्खकी भाँति आचरण करे, उन्मत्तकी भाँति बात करे और वेदोंका विद्वान् होकर भी गौकी भाँति आचरण करे अर्थात् यह हो और यह न हो—इस बातके लिये कोई आग्रह न रक्खे। दुष्ट पुरुषोंके आक्षेप करने, अपमान करने, वञ्चना एवं दोषारोपण करनेपर भी सम रहे। उनके मारने, बाँध रखने या वृत्तिमें बाधा डालकर कष्ट पहुँचानेपर भी वह विचलित न हो। मूर्ख लोग शरीरपर या आसपास मल-मूत्रका त्याग कर दें अथवा और भी अनेक प्रकारके कष्ट देकर तंग करें, तो भी कल्याणकामी पुरुष चुपचाप सहन करे। संकटमें पड़नेपर भी वह अपने आत्माके द्वारा अपना ही उद्धार करे। लोगोंसे मिला हुआ सम्मान योग-सम्पत्तिकी बड़ी भारी हानि करता है। साधारण लोगोंद्वारा अपमानित योगी योगसिद्धिको अवश्य प्राप्त कर लेता है। योगी पुरुष सत्पुरुषोंके धर्मको कलङ्कित न करते हुए अवश्य ही ऐसा आचरण करे, जिससे साधारण लोग उसका अपमान ही करें औरउसके सम्पर्कमें न आवें। संन्यासी योगयुक्त होकर मन, वाणी, शरीर और क्रियाद्वारा जरायुज और अण्डज आदि किसी भी प्राणीके साथ द्रोह न करे तथा सब प्रकारकी आसक्तियोंको त्याग दे। काम, क्रोध, घमंड, लोभ और मोह आदि जितने भी दोष हैं, उनका परित्याग करके संन्यासी निर्भय हो जाता है॥ ४७—५९॥

'भिक्षाका अन्न भोजन करना, मौन रहना, तपस्या करना, विशेषतः ध्यानमें लगे रहना, उत्तम ज्ञान प्राप्त करना और वैराग्यवान् होना—यह भिक्षुका धर्म माना गया है। गेरुआ वस्त्र पहनकर संन्यासी सदा ध्यानयोगमें तत्पर रहे। गाँवके किनारे, वृक्षके नीचे अथवा किसी देवालयमें निवास करे। वह नित्य भिक्षाके अन्नसे ही जीवन-निर्वाह करे। किसी एकके अन्नका भोजन तो वह कभी न करे। बुद्धिमान् पुरुष प्रतिदिन अपने आश्रमोचित आचारका पालन करे और तबतक करता रहे जबतक, अन्तःकरण पूर्णतः शुद्ध न हो जाय। अन्तःकरण शुद्ध हो जानेपर वह संन्यास लेकर जहाँ-कहीं भी स्वेच्छानुसार विचरण करे। संन्यासी बाहर और भीतर—सर्वत्र नारायणका दर्शन करते हुए वायुकी भाँति पाप-सम्पर्कसे रहित होकर मौनभावसे सब ओर विचरता रहे। वह सुख-दुःखमें समान भावसे रहे। मनमें क्षमा-भाव रक्खे। हाथपर जो कुछ आ जाय, उसीको भोजन करे। कहीं भी वैर न रखते हुए ब्राह्मण, गौ, घोड़े और मृग आदि सभी प्राणियोंमें समदृष्टि

रक्खे। मन-ही-मन सबके ईश्वर सर्वव्यापी परमात्माका चिन्तन करते हुए, 'मैं ही परमानन्दस्वरूप ब्रह्म हूँ', ऐसी भावना रक्खे। जो इस प्रकार जानकर, मनोमय दण्ड धारण करके, आशासे निवृत्त हो जाता है तथा दिगम्बर होकर सदा मन, वाणी, शरीर और क्रियाद्वारा समस्त संसारको त्यागकर, प्रपञ्चकी ओरसे मुँह मोड़कर भ्रमरका चिन्तन करनेवाले कीटकी भाँति सदा अपने स्वरूपके चिन्तनमें ही संलग्न रहता है, वह मुक्त हो जाता है। यह उपनिषद् है' ॥ ६०—६६ ॥

॥ पञ्चम उपदेश समाप्त ॥ ५ ॥

षष्ठ उपदेश

तुरीयातीत पद और उसकी प्राप्तिके उपाय तथा यतिकी जीवनचर्या

तदनन्तर नारदजीने ब्रह्माजीसे पूछा—'भगवन्! भ्रमर-कीट-न्यायसे अपने स्वरूपका अनुसन्धान करनेपर मोक्ष प्राप्त होता है—यह आपने बताया; किंतु उस स्वरूपानुसन्धानका अभ्यास कैसे हो?' तब ब्रह्माजीने नारदजीसे कहा—'सत्यवादी होकर ज्ञान और वैराग्यद्वारा इस शरीरकी आसक्तिको त्यागकर, शेष बचे हुए एक विशिष्ट शरीरमें स्थित होकर रहे ॥ १ ॥

"ज्ञान ही वह शरीर है। वैराग्यको ही उसका प्राण समझो। शम और दम—ये दो नेत्र हैं। विशुद्ध मन मुख है, बुद्धि कला है; पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण, पाँच विषय, चार अन्तःकरण तथा अव्यक्त प्रकृति—ये पचीस तत्त्व ही उस शरीरके अवयव हैं। समष्टिगत जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय और तुरीयातीत—ये पाँच अवस्थाएँ ही उस विशिष्ट शरीरके पाँच महाभूत हैं। कर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य—ये शरीरकी शाखा अर्थात् भुजाएँ हैं। अथवा जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय—ये चार अवस्थाएँ ही चार भुजाएँ हैं। पहले बताये हुए चौदह करण पङ्कमें स्थित कमजोर खंभोंके समान हैं। ऐसी स्थितिमें भी जैसे कीचड़में पड़ी हुई नावको भी अच्छा नाविक ढकेलकर उसे ठीक मार्गपर ला ही देता है, उसी प्रकार संसार-सिन्धुके पङ्कमें फँसी हुई इस जीवनरूपी नौकाको उत्तम बुद्धिके द्वारा वशमें रखकर पार लगाये—ठीक उसी तरह, जैसे हाथीवान् हाथीको अपने वशमें रखकर उसे ठीक रास्तेसे ले जाता है। ज्ञानमय विशिष्ट शरीरमें स्थित हुआ पुरुष 'मेरे अतिरिक्त जो कुछ भी है, वह सब कल्पित होनेके कारण नश्वर है'—यों समझकर सदा **'अहं ब्रह्मास्मि'** (मैं ब्रह्म ही हूँ) इस प्रकार उच्चारण करे। अपने आत्माके अतिरिक्त दूसरी कोई भी वस्तु ज्ञातव्य नहीं है, ऐसा निश्चय करके जीवन्मुक्त होकर रहे। इस प्रकार रहनेवाला पुरुष कृतकृत्य हो जाता है। व्यवहार-कालमें भी यों न कहे कि 'मैं ब्रह्म नहीं हूँ।' अपितु निरन्तर 'मैं ब्रह्म हूँ' इस धारणाको ही पुष्ट करता रहे। जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति—इन तीन अवस्थाओंको पार करके तुरीयावस्थामें पहुँचकर संन्यासी तुरीयातीत परमात्मपदमें प्रवेश करे ॥ २ ॥

'दिन जाग्रत्-अवस्था है, रात्रि स्वप्न है, अर्द्धरात्रि सुषुप्ति-स्थानीय है। ये तीनों अवस्थाएँ तुरीयमें हैं और तुरीयकी स्थिति तुरीयातीतमें है। इस प्रकार एककी अवस्थामें चार अवस्थाएँ हैं। मन, बुद्धि, चित्त, अहङ्कार—इन चार अन्तःकरणोंमेंसे प्रत्येकके अधीन जो नेत्र आदि चौदह करण हैं, उनके व्यापार बतलाये जाते हैं। नेत्रोंका काम है रूपको ग्रहण करना, श्रोत्रोंका कार्य है शब्दकी उपलब्धि; जिह्वाका कार्य है रसास्वादन, गन्धका अनुभव घ्राणेन्द्रियका काम है, बोलनेकी क्रिया वाक्-इन्द्रियका व्यापार है, हाथोंका काम है किसी वस्तुको ग्रहण करना, पैरोंका कार्य है चलना, मलत्याग गुदाका और विषयजनित आनन्दका अनुभव उपस्थका कार्य है। त्वचाका कार्य स्पर्शका अनुभव करना है। इनके अधीन विषय-ग्रहणकी बुद्धि है। बुद्धिसे जानता है। चित्तसे चेतना प्राप्त करता है। अहङ्कारसे अहंताका अनुभव करता है। इन सब भावोंकी विशेषरूपसे सृष्टि करके इनके समुदायरूपी शरीरमें आत्माभिमान करनेके कारण तुरीय-चेतन ही जीव हो जाता है। जैसे घरमें अभिमान करके मनुष्य गृहस्थ बनता है, उसी प्रकार शरीरमें अभिमान करके तुरीय-चेतन जीव होकर विचरता है। शरीरके भीतर जो अष्टदल कमलसे युक्त हृदय है, उसमें रहनेवाला जीव जब उक्त कमलके पूर्ववर्ती दलमें विचरता है, तब उसमें पुण्यानुष्ठानकी प्रवृत्ति होती है। आग्नेय कोणवाले दलमें जानेपर उसे निद्रा और आलस्य सताते हैं। दक्षिण दिशाके दलमें स्थित होनेपर उसमें क्रूरताका भाव आता है। नैर्ऋत्यकोणवाले दलका आश्रय लेनेपर उसमें पापबुद्धि जाग्रत् होती है। पश्चिम दलमें स्थिति होनेपर उसका क्रीडामें अनुराग होता है। वायव्यकोणके दलमें जानेपर उसकी बुद्धि गमनमें लगती है—वह इधर-उधर जानेका संकल्प

करता है। उत्तर दिशावाले दलमें प्रवेश करनेपर उसे शान्ति-का अनुभव होता है। ईशान-दलमें जानेपर ज्ञान होता है। उस कमलकी कर्णिकामें स्थित होनेपर उसके भीतर वैराग्य-भाव जाग्रत् होता है तथा केसरोंमें स्थित होनेपर उसका मन आत्मचिन्तनमें लगता है। इस प्रकार चैतन्य ही जिसमें मुखकी भाँति प्रधान है, उस आत्मस्वरूपको जानकर विद्वान् पुरुष तुरीयातीत ब्रह्मरूपमें स्थित हो जाता है॥ ३॥

'जीवकी चार अवस्थाओंमें प्रथम अवस्था जाग्रत् है, दूसरी अवस्था स्वप्न है, तीसरी अवस्था सुषुप्ति है, चौथी अवस्था तुरीय है तथा इन चारोंसे रहित तुरीयातीत है। एक ही आत्मा विश्व, तैजस, प्राज्ञ और तटस्थ-भेदसे चार प्रकार-का प्रतीत होता है। अतः 'एक ही परमात्मदेव सबके साक्षी एवं सत्त्वादि गुणोंसे रहित हैं और वह ब्रह्म मैं स्वयं हूँ' यों कहे। तुरीयातीत पुरुषको जाग्रत् आदि चारों अवस्थाओंके अनुभवसे परे मानना चाहिये। नहीं तो जैसे जाग्रत्-अवस्थामें जाग्रत् आदि चार अवस्थाएँ होती हैं, स्वप्नमें स्वप्नादि चार अवस्थाएँ होती हैं, सुषुप्तिमें सुषुप्ति आदि चार अवस्थाएँ होती हैं तथा तुरीयमें तुरीयादि चार अवस्थाएँ होती हैं, उसी प्रकार तुरीयातीतमें भी इन अवस्थाओंके होनेकी सम्भावना हो सकती है। किंतु वास्तवमें तुरीयातीत-तत्त्व निर्गुण है, अतः उसमें इस प्रकारके अवस्था-भेद सम्भव नहीं हैं। स्थूल, सूक्ष्म एवं कारणरूप जो विश्व, तैजस एवं प्राज्ञ ईश्वर हैं, उनके साथ सब अवस्थाओंमें एक ही साक्षी स्थित होता है। अथवा तटस्थ ईश्वर ही द्रष्टा हैं—यदि यों कहें तो ठीक नहीं; क्योंकि तटस्थ पुरुष बीजोपाधिक (मायोपाधिक) ईश्वररूपसे देखे जाते हैं। अतः उनका भी कोई द्रष्टा होनेके कारण तटस्थको द्रष्टा नहीं माना जा सकता। इसलिये वह द्रष्टा नहीं है, ऐसा ही निश्चय करना चाहिये। फिर तो जीवको ही द्रष्टा मान लिया जा सकता है। नहीं, जीव द्रष्टा नहीं हो सकता; क्योंकि वह कर्तृत्व, भोक्तृत्व और अहङ्कार आदिसे संयुक्त है। जीवसे इतर जो तुरीयातीत परमात्मा हैं, वे उक्त दोषोंके सम्पर्कसे रहित हैं। यदि कहें जीव भी तो स्वरूपतः शुद्ध चैतन्य ही है, अतः वह भी कर्तृत्व आदिके संस्पर्शसे रहित है, तो यह ठीक नहीं। क्योंकि उसमें जीवत्वका अभिमान होनेसे इस शरीररूपी क्षेत्र-में भी उसका अभिमान है और शरीराभिमानके कारण ही उसमें जीवत्व है। परमात्मासे जीवत्वका व्यवधान वैसा ही है, जैसे महाकाशसे घटाकाशका। व्यवधानके कारण ही यह हंस-स्वरूप जीव उच्छ्वास और निःश्वासके बहाने सदा 'सोऽहम्' इस मन्त्रका जप करते हुए अपने स्वरूपका अनुसंधान करता है। यों समझकर शरीरमें आत्माभिमान त्याग दे। जो शरीराभिमानी नहीं होता, वही ब्रह्म है, यह कहा जाता है। संन्यासी आसक्तिका त्याग करके क्रोधपर विजय प्राप्त करे, स्वल्पाहारी एवं जितेन्द्रिय हो तथा बुद्धिके द्वारा समस्त इन्द्रिय-द्वारोंको बंद करके मनको परमात्मचिन्तनमें लगाये। योगी सदा साधनमें संलग्न रहकर कहीं निर्जन स्थानोंमें, गुफाओं और वनोंमें बैठ जाय और भलीभाँति ध्यान आरम्भ करे। सिद्धिकी इच्छा रखनेवाला योगवेत्ता पुरुष अतिथि-सत्कार, श्राद्ध और यज्ञोंमें तथा देवयात्रा-सम्बन्धी उत्सवोंमें जहाँ अधिक जनसमुदाय एकत्र होता हो, कदापि न जाय। योगी पुरुष योगमें प्रवृत्त होकर ऐसा बर्ताव करे, जिससे दूसरे लोग उसका अनादर और तिरस्कार करें। परंतु वह सत्पुरुषोंके मार्गको कलङ्कित न करे। वाग्दण्ड, कर्मदण्ड और मनो-दण्ड—ये तीन दण्ड सदा जिसके नियन्त्रणमें रहते हों, वह महासंन्यासी ही यथार्थ त्रिदण्डी है। जो यति धुआँ निकलना बंद हो जाने और अग्नि बुझ जानेपर श्रेष्ठ ब्राह्मणोंके घरसे मधुकरी लाकर उसका आहार करता है, वह सर्वश्रेष्ठ माना गया है। जो बिना अनुराग ही संन्यास-धर्ममें स्थित रहकर दण्ड धारणपूर्वक भिक्षासे जीवन-निर्वाह करता है, किंतु जिसे संसारसे वैराग्य नहीं होता, वह संन्यासी नीच श्रेणीका माना गया है। जिस घरमें उसे विशेषरूपसे भिक्षा मिलती है, उसमें वासनावश पुनः भिक्षाके लिये जो नहीं जाता, वही वास्तविक यति माना गया है—इससे विपरीत आचरण करनेवाला नहीं। जो शरीर और इन्द्रिय आदिसे रहित, सर्वसाक्षी, पारमार्थिक विज्ञानस्वरूप, सुखमय, स्वयम्प्रकाश एवं परमतत्त्वरूप परमात्माको अपने आत्मारूपसे जानता है, वही वर्ण और आश्रमसे अतीत यथार्थ संन्यासी है। देहमें वर्ण और आश्रम आदिकी कल्पना मायासे ही हुई है। 'मैं बोधस्वरूप आत्मा हूँ, मुझसे उन वर्ण और आश्रम आदिका किसी कालमें सम्बन्ध नहीं है'—इस प्रकार जो उपनिषदोंके अनुशीलनद्वारा भली-भाँति समझ लेता है, वही अतिवर्णाश्रमी (यथार्थ संन्यासी) है। अपने आत्माका साक्षात्कार कर लेनेके कारण जिसके वर्ण और आश्रमसम्बन्धी आचार छूट गये हैं, वह समस्त वर्णों और आश्रमोंसे ऊपर उठकर अपने आत्मामें ही स्थित है। जो पुरुष अपने आश्रमों और वर्णोंसे ऊपर उठकर आत्मामें ही स्थित है, उसीको सम्पूर्ण वेदार्थका ज्ञान रखनेवाले ज्ञानी पुरुषोंने अतिवर्णाश्रमी (यथार्थ संन्यासी) कहा है। इसलिये नारद! सभी वर्ण और आश्रम अन्यगत (शरीरगत) होनेपर भी

भ्रान्तिवश आत्मामें आरोपित कर लिये जाते हैं; परंतु आत्मवेत्ता पुरुष ऐसा नहीं करते। नारद ! ब्रह्मज्ञानी पुरुषोंके लिये न कोई विधि है न निषेध। उनके लिये अमुक वस्तु त्याज्य है और अमुक वस्तु त्याज्य नहीं है, इस तरहकी कल्पना नहीं होती। और भी नियम उनपर लागू नहीं होते ॥ ४–१९ ॥

'जिज्ञासुको चाहिये कि वह सम्पूर्ण भूतोंसे तथा ब्रह्मातकके पदसे भी विरक्त हो, सबमें, पुत्र और धन आदिमें भी प्रेम न रखते हुए मोक्षके साधनोंमें श्रद्धा करे और उपनिषदोंका ज्ञान प्राप्त करनेकी इच्छासे हाथमें कुछ भेंट लेकर ब्रह्मवेत्ता गुरुकी सेवामें जाय। वहाँ दीर्घकालतक अपनी सेवाओंसे गुरुको संतुष्ट रखते हुए चित्तको भलीभाँति एकाग्र करके ध्यानपूर्वक उपनिषद्-वाक्योंके अर्थका श्रवण करे। ममता और अहङ्कार त्याग दे। सब प्रकारकी आसक्तियोंसे पृथक् रहे तथा शम-दम आदि साधनोंसे सम्पन्न होकर अपनेमें ही आत्माका दर्शन करे। संसारमें सदा जन्म, मृत्यु और जरा आदि दोषोंका दर्शन करनेसे ही उसकी ओरसे विरक्ति होती है। और जो संसारसे विरक्त हो गया है, उसीके द्वारा यथार्थरूपसे संन्यासग्रहण सम्भव होता है। इसमें तनिक भी संदेहके लिये स्थान नहीं है। मुक्तिकी इच्छा रखनेवाला परमहंस उपनिषदोंके श्रवण आदिके द्वारा साक्षात् मोक्षके एकमात्र साधन ब्रह्मविज्ञानका अभ्यास करे। परमहंस-नामक यति ब्रह्मविज्ञानकी प्राप्तिके लिये शम-दम आदि सम्पूर्ण साधनोंसे सम्पन्न होवे। वेदान्तवेत्ता विद्वान् योगी सदा उपनिषदोंके अभ्यासमें तत्पर रहे। शम-दम आदिसे सम्पन्न हो मन और इन्द्रियोंको अपने वशमें कर ले। भयको त्याग दे। कहीं भी ममता न रक्खे। सदा निर्द्वन्द्व रहे। परिग्रहको सर्वथा त्याग दे। सिरके बालोंको मुँड़ा ले। पुराने वस्त्रका कौपीन पहने अथवा दिगम्बर रहे। मनमें ममता और अहङ्कारको कभी स्थान न दे। जो मित्र और शत्रु आदिमें समान भाव रखता है तथा सम्पूर्ण जीवोंके प्रति मैत्रीका भाव रखता है, जिसका अन्तःकरण सर्वथा शान्त है, वह एकमात्र ज्ञानी पुरुष ही संसार-समुद्रसे पार होता है, दूसरा —अज्ञानी नहीं ॥ २०–२९ ॥

'जिज्ञासु पुरुष गुरुके हितमें तत्पर रहकर वहाँ एक वर्षतक निवास करे। नियमोंके पालनमें कभी प्रमाद न करे तथा ब्रह्मचर्य और अहिंसा आदि यमोंके पालनमें भी सतत सावधान रहे। इस प्रकार साधन करते हुए (गुरुकृपासे) वर्षके अन्तमें सर्वोत्तम ज्ञानयोगकी उपलब्धि करके धर्मानुकूल आचरण करते हुए इस पृथ्वीपर विचरण करे। ऊपर बताये अनुसार वर्षके अन्तमें सर्वोत्तम ज्ञानयोगकी प्राप्तिके अनन्तर ब्रह्मचर्य आदि तीनों आश्रमोंका त्याग करके अन्तिम आश्रम संन्यासको ग्रहण करे तथा गुरुकी आज्ञा लेकर इस पृथ्वीपर विचरण करे। वह आसक्तिको त्याग दे। क्रोधको काबूमें रक्खे। आहार स्वल्पमात्र करे और सदा जितेन्द्रिय बना रहे ॥ ३०–३३ ॥

'कर्म न करनेवाला गृहस्थ और कर्मपरायण भिक्षु—ये दोनों अपने आश्रमके विपरीत व्यवहार करनेके कारण कभी शोभा नहीं पाते। मनुष्य मदिराको तो पीनेपर मतवाला होता है, परंतु तरुणी स्त्रीको देखकर ही उन्मत्त हो उठता है। इसलिये दर्शनमात्रसे विषका-सा प्रभाव डालनेवाली नारीको संन्यासी दूरसे ही त्याग दे। स्त्रियोंके साथ बातचीत करना, उनके पास संदेश भेजना, नाचना, गाना, हास-परिहास करना तथा परायी निन्दा करना—संन्यासी इन सबका त्याग कर दे। नारद ! यतिके लिये (नैमित्तिक) स्नान, जप, पूजा, होम तथा अग्निहोत्र आदि कार्य कर्तव्य नहीं हैं। उसके लिये देव-पूजन, श्राद्ध-तर्पण, तीर्थयात्रा, व्रत, धर्म-अधर्म तथा लोकाचारसम्बन्धी कार्य भी नहीं हैं। योगयुक्त संन्यासी सम्पूर्ण कर्मोंको त्याग दे, समस्त लोकाचारोंसे भी दूर रहे। विद्वान् यति अपनी बुद्धिको परमार्थमें लगाकर कृमि, कीट, पतङ्ग तथा वनस्पति आदि जीवोंकी कभी हिंसा न करे। वह सदा अन्तर्मुख रहे; बाहर और भीतरसे भी स्वच्छता रक्खे। अपने अन्तःकरणको पूर्णतः शान्त बनाये रहे तथा बुद्धिको आत्मानन्दसे ही परिपूर्ण किये रहे। नारद ! तुम भीतरसे सम्पूर्ण आसक्तियोंका परित्याग करके संसारमें विचरते रहो। संन्यासीको अकेले किसी ऐसे प्रदेशमें नहीं घूमना चाहिये, जहाँ अराजकता फैली हुई हो। संन्यासी स्तुति और नमस्कारसे दूर रहे। श्राद्ध और तर्पणसे भी अलग रहे। किसी शून्य भवनमें अथवा पर्वतकी गुफाओंमें आश्रय ले। संन्यासीको सदा स्वच्छन्दरूपसे विचरना चाहिये। यह उपनिषद् है' ॥ ३४–४२ ॥

॥ षष्ठ उपदेश समाप्त ॥ ६ ॥

सप्तम उपदेश

संन्यासीके सामान्य नियम और कुटीचक आदिके विशेष नियम

तदनन्तर नारदजीके यह पूछनेपर कि 'यतिका नियम कैसा होना चाहिये ?' ब्रह्माजीने इस प्रश्नको सामने रखकर उत्तर देना आरम्भ किया। उन्होंने कहा, 'संन्यासी विरक्त होकर केवल वर्षाके चार महीनोंमें ही किसी निश्चित स्थानपर विश्राम करे। शेष आठ महीनोंमें एकाकी विचरण करे। कहीं एक स्थानपर अधिक दिनोंतक निवास न करे; क्योंकि वैसा करनेसे पतनका भय है। भ्रमरोंकी भाँति एक स्थानपर न ठहरे। अपने अन्यत्र जानेका यदि कोई विरोध करे तो संन्यासी उस विरोधको स्वीकार न करे। अपने हाथों तैरकर नदी पार न करे। पेड़पर भी न चढ़े। देव-उत्सवके निमित्त होनेवाले मेलेको न देखे। सदा एक घरका भोजन और आत्माके अतिरिक्त बाह्य देवताओंका पूजन न करे। आत्माके अतिरिक्त सबका त्याग करके मधुकरी वृत्तिसे भिक्षा लाकर ग्रहण करे। शरीरको कृश बनाये रक्खे। मेदेकी वृद्धि न होने दे। घीको रुधिरके समान समझकर त्याग दे। एक घरके अन्नको मांसकी भाँति समझकर छोड़ दे। इत्र या चन्दन आदिके लेपको अशुद्ध मल-मूत्रादिके लेपकी भाँति मानकर उसका त्याग करे। क्षार (सोडा, साबुन आदि) को चाण्डालके समान अस्पृश्य समझे। कौपीन आदिके अतिरिक्त अन्य वस्त्रोंको जूठे बर्तनके समान समझकर उन्हें त्याग दे। अभ्यङ्ग (तेल आदि मलने) को स्त्रीके आलिङ्गनकी भाँति मानकर उससे दूर रहे। मित्रोंके आनन्ददायक सङ्गको मूत्रके समान त्याज्य समझे। किसी वस्तुकी प्राप्तिके लिये मनमें होनेवाली स्पृहाको अपने लिये गोमांसके समान वर्जनीय माने। परिचित स्थानको चाण्डालका बगीचा समझे। स्त्रीको सर्पिणीके समान भयङ्कर समझे। सुवर्णको कालकूट, सभा-स्थलको श्मशानभूमि, राजधानीको कुम्भीपाक नरक तथा एक स्थानके अन्नको मुर्देके लिये अर्पित पिण्डकी भाँति समझकर त्याग दे। देहको आत्मासे पृथक् देखना और प्रवृत्तिमें फँसना छोड़ दे। स्वदेशको त्याग दे और परिचित स्थानोंसे भी दूर रहे। अपनी आनन्दरूपताका निरन्तर चिन्तन करते हुए ऐसी प्रसन्नताका अनुभव करे मानो कोई भूली हुई बहुमूल्य वस्तु पुनः प्राप्त हो गयी हो। जहाँ जानेपर अपने शरीरमें ही आत्माभिमान जाग्रत् हो जाय, जिसमें अपने शरीरसे सम्बन्ध रखनेवाले लोग रहते हों, उस प्रदेशको सदाके लिये भूल जाय। अपने शरीरको भी मुर्देकी भाँति त्याज्य मानकर उसमें आसक्त न हो। जैसे जेलखानेसे छूटा हुआ चोर लज्जावश अपनी जन्मभूमिको न जाकर कहीं दूर जा बसता है, उसी प्रकार संन्यासी जहाँ उसके पुत्र और माता-पितादि गुरुजन रहते हों, उस स्थानको छोड़कर वहाँसे दूर ही रहे। बिना यत्न किये ही जो कुछ प्राप्त हो जाय, उसीका आहार करे। ब्रह्मस्वरूप प्रणवके चिन्तनमें तत्पर रहकर अन्य समस्त कर्मोंके बन्धनसे मुक्त हो जाय। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सरता आदिको जलाकर त्रिगुणातीत हो जाय। क्षुधा, पिपासा आदि छः प्रकारकी ऊर्मियोंसे प्रभावित न हो। जन्म, वृद्धि आदि छः प्रकारके भावविकारोंसे भी अपना सम्बन्ध न माने। सत्य बोले, शरीर और मनसे पवित्र रहे तथा किसीसे भी द्रोह न करे। गाँवमें एक रात, नगरमें पाँच रात, किसी पुण्यक्षेत्रमें पाँच रात तथा तीर्थमें भी पाँच रातसे अधिक न रहे। कहीं भी अपने लिये घर न बनाये। बुद्धिको परमात्मचिन्तनमें स्थिर रक्खे। झूठ कभी न बोले। पर्वतकी गुफाओंमें निवास करे। भ्रमणकालमें सदा अकेला ही रहे। (चौमासेके समय) दो व्यक्तियोंके साथ भी रह सकता है। तीनके साथ रहनेपर तो गाँव-सा ही बन जाता है; और चारके साथ वहाँ नगर-सा बस जाता है। अतः संन्यासी अकेला ही रहे। अपने चौदह करणों (इन्द्रियों) को पृथक्-पृथक् विषयोंके चिन्तनका अवकाश न दे। अखण्ड बोधसे वैराग्य-सम्पत्तिका अनुभव करके 'मुझसे भिन्न दूसरा कोई नहीं है; मेरे सिवा दूसरेका अस्तित्व ही नहीं है'—ऐसा मन-ही-मन विचार करके सब ओर अपने स्वरूपका ही साक्षात्कार करता हुआ जीवन्मुक्त-अवस्थाको प्राप्त करे। जबतक प्रारब्धके प्रतिभासका नाश न हो जाय, प्रणव-चिन्तनपूर्वक ओत, अनुज्ञातृ आदि चार स्वरूपोंमें अभिव्यक्त होनेवाले तुरीय-तुरीयरूपमें स्थित अपने निर्विकल्प आत्माका सम्यक् बोध प्राप्त करे। स्वरूपका ज्ञान हो जानेपर जबतक यह शरीर गिर न जाय, तबतक स्वरूपका चिन्तन करते हुए ही कालयापन करता रहे॥ १॥

'कुटीचकके लिये तीनों काल स्नानका विधान है। बहूदक सायं-प्रातः दो बार स्नान करे। हंसके लिये दिनमें एक बार ही स्नानका नियम है। परमहंस मानसिक स्नान करे। तुरीयातीतके लिये भस्मस्नान बताया गया है। अर्थात् वह सारे शरीरमें केवल विभूति लगा ले। तथा अवधूतके लिये वायव्य-

स्नान कहा गया है। अर्थात् शरीरमें वायुके स्पर्शमात्रसे ही वह शुद्ध हो जाता है, उसे जलसे स्नान करनेकी आवश्यकता नहीं है ॥ २ ॥

'कुटीचकके लिये ललाटमें ऊर्ध्वपुण्ड्र तिलक लगानेका विधान है। बहूदकके लिये त्रिपुण्ड्रका तथा हंसके लिये ऊर्ध्वपुण्ड्र, त्रिपुण्ड्र दोनोंकी विधि है। परमहंस केवल विभूति धारण करे। तुरीयातीतके लिये तिलकपुण्ड्र कहा गया है। अवधूतके लिये किसी प्रकारका तिलक आवश्यक नहीं है अथवा तुरीयातीत एवं अवधूत दोनोंके लिये ही तिलक अनावश्यक है ॥ ३ ॥

'कुटीचक दो महीनेपर बाल बनवाये; बहूदक चार महीनेपर। हंस और परमहंसके लिये बाल बनवानेका विधान नहीं है। यदि है भी तो छः महीनेपर। तुरीयातीत और अवधूतके लिये तो क्षौरका नियम है ही नहीं ॥ ४ ॥

'कुटीचकके लिये एक स्थानका अन्न खानेकी विधि है। बहूदकको मधुकरीका अन्न खाना चाहिये। हंस और परमहंसके लिये हाथ ही पात्र है; उसपर जो कुछ आ जाय, उतना ही खाकर सन्तोष करे। तुरीयातीतके लिये गो-मुखवृत्ति है अर्थात् उसके मुखमें दूसरा कोई जो कुछ फल-फूल देना चाहे, उसे वह गायकी भाँति मुँह फैलाकर ले ले। अवधूतके लिये अजगर-वृत्ति है अर्थात् दैवेच्छा या परेच्छासे कभी जो कुछ भी प्राप्त हो जाय, उसीपर वह संतोष करे ॥ ५ ॥

'कुटीचकके लिये दो वस्त्र रखनेका विधान है। बहूदकके लिये एक चादर और हंसके लिये वस्त्रका एक टुकड़ा रखनेका नियम है। परमहंस दिगम्बर रहे अथवा एक कौपीनमात्र धारण करे। तुरीयातीत और अवधूतको तो दिगम्बर ही रहना चाहिये। हंस और परमहंसके लिये ही मृगचर्म रखनेका विधान है, अन्य संन्यासियोंके लिये नहीं ॥ ६ ॥

'कुटीचक और बहूदकके लिये प्रत्यक्ष देवपूजनका विधान है। हंस और परमहंस केवल मानसिक पूजन कर सकते हैं। तुरीयातीत और अवधूत केवल **'सोऽहमस्मि'** (वह ब्रह्म मैं ही हूँ) यही भावना करें ॥ ७ ॥

'कुटीचक और बहूदकका मन्त्र-जपमें अधिकार है। हंस और परमहंस केवल ध्यानके अधिकारी हैं। तुरीयातीत और अवधूतका स्वरूपानुसंधानके सिवा और किसी कार्यमें अधिकार नहीं है। तुरीयातीत, अवधूत और परमहंस—इन तीनको ही 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्योंके उपदेशका अधिकार प्राप्त है। कुटीचक, बहूदक और हंस—ये तीनों दूसरोंके लिये उपदेश देनेके अधिकारी नहीं हैं ॥ ८ ॥

'कुटीचक और बहूदकके लिये मानुषप्रणव अर्थात् बाह्य-प्रणवके चिन्तनका विधान है। हंस और परमहंसको अन्तः-प्रणवका तथा तुरीयातीत और अवधूतको ब्रह्मरूप प्रणवका चिन्तन करना चाहिये ॥ ९ ॥

'कुटीचक और बहूदकका प्रमुख साधन है—श्रवण। हंस और परमहंसका प्रमुख साधन है मनन तथा तुरीयातीत और अवधूतका प्रमुख साधन है निदिध्यासन। आत्मानुसंधानकी इन सभीके लिये विधि है ॥ १० ॥

'इस प्रकार मुक्तिकी इच्छा रखनेवाला संन्यासी सदा संसार-सागरसे पार उतारनेवाले तारकमन्त्र (प्रणव) का चिन्तन करते हुए जीवन्मुक्त होकर रहे। वह अधिकार-विशेषके अनुसार कैवल्य-प्राप्तिके उपायका अन्वेषण करे। यह उपनिषद् है' ॥ ११ ॥

॥ सप्तम उपदेश समाप्त ॥ ७ ॥

अष्टम उपदेश

प्रणवके स्वरूपका विवेचन

तत्पश्चात् नारदजीने भगवान् ब्रह्माजीसे पूछा—'भगवन्! जन्म-मृत्युसे तारनेवाला मन्त्र कौन-सा है? मैं आपकी शरणमें हूँ, बतानेकी कृपा करें।' ब्रह्माजीने 'तथास्तु' कहकर इस प्रकार उपदेश आरम्भ किया—'वत्स! ॐ यही तारक-मन्त्र है। यह ब्रह्मस्वरूप है। व्यष्टि और समष्टि दोनों प्रकारसे इसीका चिन्तन करना चाहिये।' नारदजीने पूछा—'भगवन्! व्यष्टि और समष्टि क्या है?' ब्रह्माजीने कहा—'व्यष्टि और समष्टि ब्रह्म-प्रणवके अङ्ग हैं। एक ही ब्रह्म-प्रणवके तीन भेद माने

जाते हैं—एक संहार-प्रणव, दूसरा सृष्टि-प्रणव और तीसरा उभयात्मक प्रणव। उभयात्मक प्रणवके आन्तर और बाह्य—दो स्वरूप हैं। इसीलिये उसे उभयात्मक कहते हैं। अन्तः-प्रणवका स्वरूप आगे बतलायेंगे। उपर्युक्त ब्रह्म-प्रणवका एक भेद व्यावहारिक प्रणव है। व्यष्टि-प्रणवका ही दूसरा नाम बाह्य-प्रणव है। इन सबके अतिरिक्त एक आर्षप्रणव भी है। अन्तर्-बाह्य—उभयस्वरूप जो ब्रह्म-प्रणव है, वही विराट्प्रणवके नामसे कहा गया है। संहार-प्रणव ब्रह्मादिसे अधिष्ठित होनेके कारण ही ब्रह्म-प्रणव माना गया है। स्थूल आदि भेदसे युक्त अकारादि चार मात्राएँ जिसका स्वरूप हैं, उस मात्रा-चतुष्टयात्मक प्रणवका नाम अर्द्धमात्रा-प्रणव है॥ १॥

अब अन्तःप्रणवका स्वरूप बतलाते हैं। ॐ यह ब्रह्म

---

१. अर्द्धमात्रा, अकार और उकार जिसके अङ्ग हैं, ऐसा मकारमात्रा-प्रधान 'संहार-प्रणव' होता है। ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र इसके अधिष्ठाता हैं। अतः यह मात्रात्रयप्रधान माना गया है, जैसा कि कहा गया है—

त्रिमात्राकलनोपेतसंहारप्रणवासनाः। ब्रह्मविष्ण्वीश्वरा विश्वसर्गस्थित्यन्तहेतवः॥
भवेयुर्यत एवायं संहारप्रणवो भवेत्॥

२. उकार, मकार और अर्धमात्राको अङ्ग बनाकर अकारमात्रकी प्रधानतासे बोला जानेवाला प्रणव 'सृष्टि-प्रणव' कहलाता है। इसके अधिष्ठाता देवता ब्रह्माजी हैं; अतः यह एकमात्राप्रधान है। जैसा कि वचन है—

एकमात्रात्मकं तारमुपादाय चतुर्मुखः। यतः ससर्ज सकलं सृष्टितारो ह्यतो भवेत्॥

३. उपर्युक्त संहार और सृष्टि-प्रणवके अतिरिक्त एक अन्तर्बाह्योभयस्वरूप प्रणव और होनेसे 'ब्रह्म-प्रणव' तीन प्रकारका होता है। संहार-प्रणवकी तीन मात्राएँ, सृष्टि-प्रणवकी एक मात्रा, अन्तःप्रणवकी आठ मात्राएँ तथा बाह्यप्रणवकी चार मात्राएँ—ये सब मिलकर सोलह होती हैं। इन सोलह मात्राओंसे विशिष्ट प्रणवको 'ब्रह्म-प्रणव' कहा जाता है। यद्यपि यह एक ही है, तथापि दृष्टिभेदसे अनेक भेदवाला हो जाता है।

४. जिसके गर्भमें (वर्णमालाके) पचास अक्षर छिपे हुए हैं, उस 'अकार' की प्रधानताको लेकर व्यवहृत होनेवाला प्रणव व्यावहारिक प्रणव कहलाता है। 'अकारो वै सर्वा वाक् सैषा स्पर्शोष्मभिः व्यज्यमाना बह्वी नानारूपा भवति' (अकार ही समस्त वाणी है। यह अकार-मात्रा ही स्पर्श और ऊष्मा आदि वर्णोंके रूपमें व्यक्त होकर बहुत-सी होती है, अनेक रूपोंमें दिखायी देती है)—इस श्रुतिके अनुसार अकार ही समस्त वर्णोंका मूल है। पचास वर्णोंसे विभूषित एकमात्राप्रधान यह प्रणव है। वैखरी वाणीका, जिसके द्वारा मानवमात्र व्यवहार करते हैं, हेतु होनेसे इस प्रणवको 'व्यावहारिक' कहा गया है। दुर्गा आदि तथा इच्छा आदि तीन शक्तियोंसे यह युक्त है। वसुगण, रुद्रगण और आदित्यगण इसके अङ्ग हैं। नौ ब्रह्मा एवं पाँच ब्रह्मा इसके अधिष्ठाता देवता हैं। जैसा कि कहा गया है—

एकमात्रात्मकस्तारः पञ्चाशद्वर्णभूषितः। वैखरीकलनाहेतुर्व्यावहारिक ईरितः॥
दुर्गादिशक्तित्रितयं तथेच्छादित्रिशक्तिकम्। वस्वादित्यरुद्रजातं नवब्रह्माधिदैवतम्॥
तथा पञ्चब्रह्मदैवं तद्वाच्यार्थ इतीरितः।

५. विराट्-प्रणव समष्टिरूप है; इससे बाह्य व्यष्टि-प्रणव है, उसकी चार मात्राएँ हैं। उसीको 'बाह्य प्रणव' कहते हैं। विश्व या वैश्वानर ही इसका अधिष्ठाता है। कहा भी है—

व्यष्टेः समष्टिबाह्यत्वात्तूलातुर्यांशयोगतः। बाह्यप्रणव आम्नातो विश्वाद्या वाच्यतां गताः॥

६. अकार, उकार, मकार, बिन्दु, नाद, कला और कलातीतरूपसे ऋषिमण्डलीद्वारा उपास्यमान सप्तमात्रात्मक प्रणवका नाम 'आर्षप्रणव' है। पञ्चब्रह्मा, विराट् और अन्तर्यामी इसके अधिष्ठाता हैं। कहा भी है—

सप्तमात्रात्मकः पञ्चब्रह्मान्तर्याम्यधिष्ठितः। ऋषिमण्डलसेव्यत्वादार्षप्रणव उच्यते॥

७. आर्ष-प्रणवके अतिरिक्त एक स्थिति-प्रणव भी होता है; यह अकार-उकार—उभयमात्रारूप है। ब्रह्मा और विष्णु इसके अधिष्ठाता हैं। समष्टि अकार आदि मात्राचतुष्टयात्मक प्रणवको 'विराट्-प्रणव' कहते हैं। 'विराट्' आदि इसके अधिष्ठाता हैं। जैसा कि कहा है—

चतुःसमष्टिमात्रायुग् विराट्प्रणव उच्यते। विराडादिर्भवेद्वाच्यं तल्लक्ष्यं परमाक्षरम्॥

८. स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षी—इन चारकी मात्राओंसे युक्त 'अर्धमात्रा-प्रणव' होता है। ओत, अनुशासु, अनुशा और अविकल्परूप परमात्मा ही इसके अधिष्ठाता हैं।

है। 'ॐ' इस एकाक्षर मन्त्रको अन्तःप्रणव समझो। यह आठ भागोंमें विभक्त होता है। अकार, उकार, मकार, अर्द्धमात्रा, बिन्दु, नाद, कला और शक्ति—ये ही उसके आठ भाग हैं। यह प्रणव केवल चार ही मात्राओंसे युक्त नहीं है; उसकी एक-एक मात्रा भी अनेकानेक भेदोंसे सम्पन्न है। केवल अकार ही दस हजार अवयवोंसे सम्पन्न है। उकारके एक सहस्र और मकारके एक सौ अवयव हैं। इसी प्रकार अर्द्धमात्रा-प्रणवका स्वरूप अनन्त अवयवोंसे युक्त है। विराट्-प्रणव सगुणरूप है, संहार-प्रणव निर्गुणरूप है और सृष्टि-प्रणव उभयात्मक है—वह सगुण-निर्गुण उभयरूप है। जैसे विराट्-प्रणव प्लुत अर्थात् अकार आदि चार मात्राओंकी समष्टिसे युक्त है, उसी प्रकार संहार-प्रणव प्लुत-प्लुत अर्थात् चतुर्थमात्रात्मक अर्द्धमात्रास्वरूप है ॥ २ ॥

विराट्-प्रणव अर्थात् विराट्स्वरूप ब्रह्म-प्रणव सोलह मात्राओंका है। यह छत्तीस तत्त्वोंसे परे है। वह षोडश मात्रारूप कैसे है, यह बताते हैं। अकार पहली मात्रा है, उकार दूसरी, मकार तीसरी, अर्द्धमात्रा चौथी, बिन्दु पाँचवीं, नाद छठी, कला सातवीं, कलातीता आठवीं, शान्ति नवीं, शान्त्यतीता दसवीं, उन्मनी ग्यारहवीं, मनोन्मनी बारहवीं, पुरी (वैखरी) तेरहवीं, मध्यमा चौदहवीं, पश्यन्ती पंद्रहवीं और परा सोलहवीं मात्रा है। यह सोलह मात्राओंवाला ब्रह्म-प्रणव ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्परूप चतुर्विध तुरीयसे अभिन्न होनेके कारण पुनः चौसठ मात्राओंवाला होता है। यही प्रकृति और पुरुषरूपसे पुनः दो भेदोंको प्राप्त होकर एक सौ अट्ठाईस मात्राओंवाला स्वरूप धारण करता है। इस प्रकार एक होकर भी ब्रह्म-प्रणव दृष्टिभेदसे अनेकविध सगुण और निर्गुण स्वरूपको प्राप्त होता है ॥३॥

(ॐकारको ब्रह्मस्वरूप बताया गया है। वह परब्रह्म परमात्मा कैसा है, यह बताते हैं।) ये ब्रह्म-प्रणवरूप परमात्मा सबके आधारभूत तथा परम ज्योतिःस्वरूप हैं। ये ही सबके ईश्वर और सर्वत्र व्यापक हैं। सम्पूर्ण देवता इन्हींके स्वरूप हैं। समस्त प्रपञ्चका आधार—प्रकृति भी इन्हींके गर्भमें है। ये सर्वाक्षरमय हैं— वर्णमालाके पचास वर्ण और उनके द्वारा बोध्य अर्थ, सब इनके स्वरूप ही हैं। ये कालस्वरूप, समस्त शास्त्रमय तथा कल्याणरूप हैं। समस्त श्रुतियोंमें श्रेष्ठ तत्त्व पुरुषोत्तमरूपसे इनका ही अनुसंधान करना चाहिये। समस्त उपनिषदोंके मुख्य अर्थ ये ही हैं। इन्हींमें उपनिषदें गतार्थ होती हैं। भूत, वर्तमान और भविष्य—इन तीनों कालोंमें होनेवाला जो जगत् है तथा इन तीनों लोकोंसे परे जो कोई अविनाशी तत्त्व है, वह सब ॐकारस्वरूप परब्रह्म परमात्मा ही है—यह जानो। श्रेष्ठ नारद! ॐकारको ही मोक्षदायक समझो। प्रणवके वाच्यार्थभूत परमात्मा ही यह आत्मा हैं। **'अयमात्मा ब्रह्म'** (यह आत्मा ब्रह्म है)—इस श्रुतिद्वारा 'ब्रह्म' शब्दसे उन्हींका वर्णन हुआ है। ब्रह्मकी आत्माके साथ ॐकारके वाच्यार्थरूपसे एकता करके वह एकमात्र (अद्वितीय), जरारहित (मृत्युरहित) एवं अमृतस्वरूप चिन्मय तत्त्व ॐ है—इस प्रकार अनुभव करो। इस अनुभवके पश्चात् उस परमात्मस्वरूप ॐकारमें स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीनों शरीरोंवाले इस सम्पूर्ण दृश्य-प्रपञ्चका आरोप करके—अर्थात् एक परमात्मा ही सत्य हैं, उन्हींमें इस स्थूल, सूक्ष्म और कारण-जगत्की कल्पना हुई है—विवेकद्वारा ऐसा अनुभव करके यह निश्चय करे कि यह जगत् ॐ (सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा) ही है। तथा तन्मय (परमात्ममय) होनेके कारण यह अवश्य तत्स्वरूप (परमात्मरूप) ही है। इस प्रकार जगत्को 'ॐ' समझो अर्थात् इसे 'ॐ'के वाच्यार्थभूत परमात्मामें विलीन कर डालो तथा त्रिविध शरीरवाले अपने आत्माको भी 'यह त्रिविध शरीररूप उपाधिसे युक्त ब्रह्म ही है' ऐसी भावना करते हुए ब्रह्मरूप ही निश्चय करो। इस तरह आत्मा और परब्रह्मकी एकताका दृढ़ निश्चय हो जानेपर आत्मस्वरूप परब्रह्मका निरन्तर चिन्तन करते रहना चाहिये। अब क्रमशः विश्व, तैजस आदिके वाचक प्रणवकी मात्राओंका क्रम बताया जाता है।

'स्थूल (विराट् जगत्स्वरूप) एवं स्थूल जगत्का भोक्ता होनेसे, सूक्ष्म (सूक्ष्म जगत्स्वरूप) एवं सूक्ष्म जगत्का भोक्ता होनेके कारण, एकमात्र आनन्दस्वरूप एवं आनन्दमात्रका उपभोक्ता होनेसे तथा इन तीनोंकी अपेक्षा भी विलक्षण होनेके कारण वह आत्मा चार भेदोंवाला है। ये चार भेद ही उसके चार पाद हैं, अतः वह चार पादोंवाला है। जाग्रत्-अवस्था तथा इसके द्वारा उपलक्षित होनेवाला यह सम्पूर्ण जगत् ही जिनका स्थान अर्थात् शरीर है—जो सम्पूर्ण विश्वमें व्याप्त हो रहे हैं, जिनका ज्ञान इस स्थूल (बाह्य) जगत्में सब ओर फैला हुआ है, जो इस समस्त विश्वके भोक्ता (रक्षक) हैं; पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मे-

१. पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण, पाँच शब्दादि विषय, चार अन्तःकरण, पाँच महाभूत, पाँच तन्मात्राएँ, महत्तत्त्व और अव्यक्त प्रकृति—ये छत्तीस तत्त्व हैं।

न्द्रियाँ, पाँच प्राण तथा चार अन्तःकरण—ये उन्नीस समष्टि-करण ही जिनके मुख हैं; पाताल, भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यम्—ये आठ लोक ही जिनके आठ अङ्ग हैं; जो स्थूल जगत्के उपभोक्ता हैं; स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षी—इन चार स्वरूपोंमें जिनकी अभिव्यक्ति होती है; वे स्थूल विश्वमें सर्वत्र व्यापक एवं अखिल विश्वरूप वैश्वानर पुरुष ही विश्वविजेता प्रभुके प्रथम पाद हैं।

'स्वप्नावस्था और उसके द्वारा उपलक्षित सूक्ष्म जगत्में व्याप्त परमात्मा सूक्ष्मप्रज्ञ हैं—उनका विज्ञान बाह्य जगत्की अपेक्षा आन्तरिक अर्थात् सूक्ष्म जगत्में व्याप्त है। स्वतः वे पूर्वोक्तरूपसे आठ अङ्गोंवाले हैं। काम-क्रोधादि शत्रुओंको तपानेवाले नारद! वे स्वप्नलोकमें एकमात्र ही हैं, उनके सिवा दूसरा नहीं है। (उनके भी पूर्ववत् उन्नीस ही मुख हैं।) वे सूक्ष्म जगत्के सूक्ष्म तत्त्वोंका अनुभव और पालन करनेवाले हैं। उनके भी पूर्ववत् स्थूल-सूक्ष्म आदि भेदसे चार स्वरूप हैं। उन्हें तैजस पुरुष कहते हैं; क्योंकि वे तेजोमय एवं प्रकाशके स्वामी हैं। वे समस्त भूतोंके स्वामी हिरण्यगर्भ हैं। पूर्वोक्त वैश्वानर तो स्थूल हैं और हिरण्यगर्भ अन्तःप्रदेशमें स्थित होनेके कारण सूक्ष्म बताये गये हैं। इन्हें परमात्माका द्वितीय पाद बताया जाता है ॥ ४–१३ ॥

'जिस अवस्थामें सोया हुआ पुरुष किसी भी भोगकी कामना नहीं करता, कोई भी स्वप्न नहीं देखता, वह स्पष्ट ही सुषुप्ति है। ऐसी सुषुप्ति तथा उसके द्वारा उपलक्षित सम्पूर्ण जगत्-की प्रलयावस्था (जब कि सम्पूर्ण विश्व अपने कारणमें विलीन हो जाता है) जिनका स्थान (शरीर) है, अर्थात् समष्टि कारण-तत्त्वमें जिनकी स्थिति है, जो एकीभूत (अद्वितीय) हैं—जिनकी अभी नाना रूपोंमें अभिव्यक्ति नहीं हुई है, जो घनीभूत प्रज्ञानसे परिपूर्ण हैं, सुखी अर्थात् आनन्दस्वरूप हैं, नित्यानन्दमय हैं, सब जीवोंके भीतर स्थित अन्तर्यामी आत्मा हैं तथा अपने स्वरूपभूत आनन्दमात्रका उपभोग करने-वाले हैं, चिन्मय प्रकाश ही जिनका मुख है, जो सर्वत्र व्यापक एवं अविनाशी हैं; ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प—इन चार स्वरूपोंमें जिनकी अभिव्यक्ति होती है; वे प्राज्ञनामसे प्रसिद्ध ईश्वर ही परब्रह्म परमात्माके तृतीय पाद हैं ॥ १४–१६ ॥

'इस प्रकार तीनों पादोंके रूपमें वर्णित ये परमात्मा सबके ईश्वर हैं। ये सर्वज्ञ हैं। ये सूक्ष्मरूपसे भावना (ध्यान) करने योग्य परमेश्वर ही अन्तर्यामी आत्मा हैं। ये सम्पूर्ण विश्वके कारण हैं तथा सम्पूर्ण प्राणियोंकी उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयके स्थान भी ये ही हैं। जाग्रत् आदि तीनों ही अवस्थाओंमें लक्षित होनेवाला यह जगत् भी वास्तवमें सुषुप्तरूप ही है। यह सब प्रकारकी उपरतिमें बाधक बना रहता है। (सुषुप्तरूप इसलिये है कि इससे मोहित हुए मनुष्योंको कभी किसी वस्तुका तात्त्विक ज्ञान नहीं होता।) इसी प्रकार यह त्रिविध जगत् स्वप्नवत् भी है; क्योंकि यहाँ वस्तुका प्रायः विपरीत ही ज्ञान होता है। इतना ही नहीं, कुछ-का-कुछ प्रतीत होनेके कारण यहाँ सब कुछ मायामात्र ही है।

'उक्त तीनों पादोंके अतिरिक्त जो चौथा तुरीय पाद है, वह ओत, अनुज्ञातृ, अनुज्ञा और अविकल्प—इन चार भेदोंके कारण चार रूपवाला है। तुरीयरूपमें स्थित ये परमात्मा एकमात्र सच्चिदानन्दरूप हैं। ओत आदि चार भेदोंमें स्थित होनेपर भी चतुर्थ पाद 'तुरीय' ही कहलाता है, उसके चारों भेद तुरीय नामसे ही प्रतिपादित होते हैं; क्योंकि प्रत्येक रूपका तुरीयमें ही पर्यवसान—लय होता है। इस तुरीय पादमें भी जो ओत, अनुज्ञातृ और अनुज्ञारूप तीन भेद हैं, वे विकल्प-ज्ञानके साधन हैं; अतः इन तीन विकल्पों (भेदों) को भी यहाँ पूर्ववत् सुषुप्ति एवं मनोमय स्वप्नके समान तथा मायामात्र ही समझना चाहिये। यों जानकर यह निश्चय करना चाहिये कि इन विकल्पोंसे परे जो निर्विकल्परूप तुरीय-तुरीय परमात्मा हैं, वे एकमात्र सच्चिदानन्दरूप ही हैं* ॥ १७–२० ॥

'मुने! इसके अनन्तर श्रुतिका यह स्पष्ट उपदेश है—जो सदा ही न तो स्थूलको जानता है, न सूक्ष्मको ही जानता है और न दोनोंको ही जानता है; जो न तो अधिक जाननेवाला है न नहीं जाननेवाला है, न अन्तःप्रज्ञ है न बहिःप्रज्ञ (न भीतरका ज्ञान रखनेवाला है न बाहरका); तथा जो प्रज्ञानका घनीभूत स्वरूप भी नहीं है; जिसे नेत्रों-द्वारा नहीं देखा गया; जिसका कोई लक्षण नहीं है; जो कभी पकड़में नहीं आ सकता, व्यवहारमें नहीं लाया जा सकता; जिसका चिन्तन नहीं हो सकता; जिसे किसी परिभाषामें नहीं बाँधा जा सकता; एकमात्र आत्मसत्ताकी प्रतीति ही जिसका

* इस प्रसङ्गको स्पष्ट समझनेके लिये नृसिंहोत्तरतापनी-योपनिषद्का प्रथम खण्ड और वहाँ दी हुई टिप्पणियोंको ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिये।

सार अथवा स्वरूप है; जिसमें प्रपञ्चका सर्वथा अभाव है—ऐसा परम कल्याणमय शान्त, अद्वितीय तत्त्व ही उन पूर्ण ब्रह्म परमात्माका चतुर्थ पाद है—यह ज्ञानी महात्मा मानते हैं। वही ब्रह्म-प्रणव है। वही जानने योग्य है, दूसरा नहीं। सर्वप्रकाशक सूर्यकी भाँति वही मुमुक्षुजनोंका जीवनाधार है। स्वयम्प्रकाश ब्रह्म परम आकाशरूप है। परब्रह्म होनेके कारण ही वह सदा सर्वत्र विराजमान है। यह उपनिषद्का गूढ़ रहस्य है' ॥ २१–२३ ॥

॥ अष्टम उपदेश समाप्त ॥ ८ ॥

नवम उपदेश

ब्रह्मके स्वरूपका वर्णन; आत्मवेत्ता संन्यासीके लक्षण

तदनन्तर नारदजीने पूछा—'भगवन्! ब्रह्मका स्वरूप कैसा है?' तब ब्रह्माजीने उनसे कहा—'वत्स! ब्रह्म और क्या है, अपना स्वरूप ही तो है—(यह आत्मा ब्रह्म ही है—सब कुछ ब्रह्म ही है, ब्रह्मके सिवा कुछ नहीं है)। ब्रह्म दूसरा है और मैं दूसरा हूँ—इस प्रकार जो लोग जानते हैं, वे पशु हैं; जो स्वभावसे पशु-योनिमें उत्पन्न हैं, केवल उन्हींका नाम पशु नहीं है। उन परब्रह्म परमात्माको इस प्रकार सर्वात्मा और सर्वरूपमें जानकर विद्वान् पुरुष मृत्युके मुखसे सदाके लिये छूट जाता है। परमात्मज्ञानके सिवा दूसरा कोई मार्ग मोक्षकी प्राप्ति करानेवाला नहीं है' ॥ १ ॥

(ब्रह्मविषयक चर्चा करनेवाले कुछ जिज्ञासु आपसमें कहते हैं—) 'क्या काल, स्वभाव, निश्चित फल देनेवाला कर्म, आकस्मिक घटना, पाँचों महाभूत या जीवात्मा (जगत्का) कारण है? इसपर विचार करना चाहिये। इन काल आदिका समुदाय भी इस जगत्का कारण नहीं हो सकता; क्योंकि वे चेतन आत्माके अधीन हैं (जड होनेके कारण स्वतन्त्र नहीं हैं)। जीवात्मा भी इस जगत्का कारण नहीं हो सकता, क्योंकि वह सुख-दुःखोंके हेतुभूत प्रारब्धके अधीन है। इस प्रकार विचार करके उन्होंने ध्यानयोगमें स्थित होकर अपने गुणोंसे ढकी हुई उन परमात्मदेवकी स्वरूपभूत अचिन्त्यशक्तिका साक्षात्कार किया, जो परमात्मदेव अकेले ही उन कालसे लेकर आत्मातक (पहले बताये हुए) सम्पूर्ण कारणोंपर शासन करते हैं। उस एक नेमिवाले, तीन घेरोंवाले, सोलह सिरोंवाले, पचास अरोंवाले, बीस सहायक अरोंसे तथा छः अष्टकोंसे युक्त, अनेक रूपोंवाले एक ही पाशसे युक्त, मार्गके तीन भेदोंवाले तथा दो निमित्त और मोहरूपी एक नाभिवाले चक्रको उन्होंने देखा। पाँच स्रोतोंसे आनेवाले विषयरूप जलसे युक्त, पाँच स्थानोंसे उत्पन्न होकर भयानक और टेढ़ी-मेढ़ी चालसे चलनेवाली, पाँच प्राणरूप तरङ्गोंवाली, पाँच प्रकारके ज्ञानके आदिकारण मनरूप मूलवाली, पाँच भँवरोंवाली, पाँच दुःखरूप प्रवाहके वेगसे युक्त, पाँच पर्वोंवाली और पचास भेदोंवाली नदीको हमलोग जानते हैं। सबकी जीविकारूप, सबके आश्रयभूत इस विस्तृत ब्रह्मचक्रमें जीवात्मा घुमाया जाता है। वह अपने-आपको और सबके प्रेरक परमात्माको अलग-अलग जानकर उसके बाद उन परमात्मासे स्वीकृत होकर अमृतभावको प्राप्त हो जाता है। ये वेदवर्णित परब्रह्म ही सर्वश्रेष्ठ आश्रय और अविनाशी हैं। उनमें तीनों लोक स्थित हैं। वेदके तत्त्वको जाननेवाले महापुरुष यहाँ (हृदयमें) अन्तर्यामीरूपसे स्थित उन ब्रह्मको जानकर उन्हींके परायण हो उन परब्रह्म परमात्मामें ही लीन हो गये। विनाशशील जडवर्ग एवं अविनाशी जीवात्मा—इन दोनोंके संयुक्त रूप व्यक्त और अव्यक्तस्वरूप इस विश्वका परमेश्वर ही धारण और पोषण करते हैं तथा जीवात्मा इस जगत्के विषयोंका भोक्ता बना रहनेके कारण प्रकृतिके अधीन हो इसमें बँध जाता है और उन परमदेव परमेश्वरको जानकर सब प्रकारके बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है। सर्वज्ञ और अज्ञानी, सर्वसमर्थ और असमर्थ—ये दो अजन्मा आत्मा हैं तथा भोगनेवाले जीवात्माके लिये उपयुक्त भोग्यसामग्रीसे युक्त अनादि प्रकृति एक तीसरी शक्ति है। (इन तीनोंमें जो ईश्वरतत्त्व है, वह शेष दोसे विलक्षण है; क्योंकि) वे परमात्मा अनन्त, सम्पूर्ण रूपोंवाले और कर्तापनके अभिमानसे रहित हैं। जब मनुष्य इस प्रकार ईश्वर, जीव और प्रकृति—इन तीनोंको ब्रह्मरूपमें प्राप्त कर लेता है, तब वह सब प्रकारके बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है। प्रकृति तो विनाशशील है और इसको भोगनेवाला जीवात्मा अमृतस्वरूप अविनाशी है। इन विनाशशील जडतत्त्व और चेतन आत्मा दोनोंको एक ईश्वर अपने शासनमें रखते हैं; (इस प्रकार जानकर) उनका निरन्तर ध्यान करनेसे, मनको उन्हींमें लगाये रहनेसे तथा तन्मय हो जानेसे मनुष्य अन्तमें उन्हें प्राप्त कर लेता है; फर तो समस्त मायाकी निवृत्ति हो जाती है। उन परमदेव

का निरन्तर ध्यान करनेसे उन प्रकाशमय परमात्माको जानकर मनुष्य समस्त बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है; क्योंकि क्लेशोंका नाश हो जानेके कारण जन्म-मृत्युका सर्वथा अभाव हो जाता है। (अतः वह) शरीरका नाश होनेपर तीसरे लोक (स्वर्ग) तकके समस्त ऐश्वर्यका त्याग करके सर्वथा विशुद्ध एवं पूर्णकाम हो जाता है। अपने ही भीतर स्थित इन ब्रह्मको सदा ही जानना चाहिये। इनसे बढ़कर जाननेयोग्य तत्त्व दूसरा कुछ भी नहीं है। भोक्ता (जीवात्मा), भोग्य (जडवर्ग) और उनके प्रेरक परमेश्वर—इन तीनोंको जानकर मनुष्य सब कुछ जान लेता है। इस प्रकार इन तीन भेदोंमें बताया हुआ यह सब कुछ ब्रह्म ही है। आत्मविद्या और तपस्या ही जिसकी प्राप्तिके मूल साधन हैं, वह उपनिषद्-वर्णित परमतत्त्व ही ब्रह्म है। (दृष्टिभेदसे वह द्विविध या त्रिविध बताया जाता है; परंतु वास्तवमें भेद-दृष्टि अज्ञान-मूलक है, अतः सब रूपोंमें वह एक ही ब्रह्म विराजमान है) ॥ २–१३ ॥

जो इस प्रकार जानकर निरन्तर अपने स्वरूपभूत ब्रह्मका ही चिन्तन करता है, उस एकत्वदर्शी ज्ञानीको वहाँ क्या शोक है और क्या मोह। इसलिये भूत, भविष्य और वर्तमान —तीनों कालोंमें प्रकट होनेवाला यह विराट् जगत् अविनाशी ब्रह्मस्वरूप ही है। यह सूक्ष्मसे भी अत्यन्त सूक्ष्म और महान्से भी परम महान् परमात्मा इस जीवकी हृदयरूपी गुहामें स्थित है। सबकी सृष्टि एवं रक्षा करनेवाले परमात्माकी कृपासे जो मनुष्य उस संकल्परहित परमेश्वरको तथा उसकी महिमाको भी देख लेता है, वह सब प्रकारके दुःखोंसे रहित हो जाता है। वह परमात्मा हाथ-पैरोंसे रहित होकर भी सब वस्तुओंको ग्रहण करनेवाला तथा वेगपूर्वक सर्वत्र गमन करनेवाला है। आँखोंके बिना ही वह सब कुछ देखता है। कानोंके बिना ही वह सब कुछ सुनता है। वह जाननेमें आनेवाली सभी वस्तुओंको जानता है; परंतु उसको जाननेवाला कोई नहीं है। ज्ञानी पुरुष उसे पुरातन महान् पुरुष (पुरुषोत्तम) कहते हैं। वह इन अनित्य शरीरोंमें नित्य एवं शरीररहित होकर स्थित है; उन सर्वव्यापी महान् परमात्माको जान लेनेपर धीर पुरुष कभी शोक नहीं करता। वह सबका धारण-पोषण करनेवाला है, उसकी अघटित-घटना-पटीयसी शक्ति अचिन्त्य है, सम्पूर्ण शास्त्रोंके सिद्धान्तरूपसे स्वीकृत अर्थविशेष—परमात्माके रूपमें वही जाननेयोग्य है। परात्पर परब्रह्मरूपमें भी वही ज्ञातव्य है तथा सबके अवसानमें अर्थात् सम्पूर्ण जगत्का प्रलय होनेपर सबके संहारकरूपमें भी उसीको जानना चाहिये। वह कवि (त्रिकालज्ञ), पुराण-पुरुष तथा सबसे उत्तम पुरुषोत्तम है। वही सबका ईश्वर तथा सम्पूर्ण देवताओं-द्वारा उपासना करनेयोग्य है। वह आदि, मध्य और अन्तसे रहित है, उसका कभी विनाश नहीं होता। वही शिव, विष्णु तथा कमलजन्मा ब्रह्मारूपी वृक्षोंको प्रकट करनेवाला महान् भूधर (पर्वत) है। जो पञ्चभूतात्मक है तथा पाँच इन्द्रियों-में विद्यमान रहता है, जिसने अनन्त जन्मोंके विस्तारकी परम्पराको बढ़ा रक्खा है, उस सम्पूर्ण प्रपञ्चको उस परमात्माने पञ्चभूतोंके रूपोंमें प्रकट किये हुए अपने ही अवयवोंद्वारा स्वयं ही व्याप्त कर रक्खा है; फिर भी वह स्वयं इन पञ्चभूतात्मक अवयवोंसे आवृत नहीं है। वह परसे भी पर और महान्से भी महान् है। वह स्वरूपतः स्वतः प्रकाशमय, सनातन एवं कल्याणरूप है। जो दुराचारसे निवृत्त नहीं हुआ है, जिसकी इन्द्रियाँ अशान्त हैं—वशमें नहीं हैं, जो एकाग्रचित्त नहीं हुआ है तथा जिसका मन पूर्णतः शान्त नहीं हो पाया है, वह इस परमात्माको उत्तम ज्ञानद्वारा नहीं पा सकता (उसके भीतर आत्मज्ञानका उदय होगा ही नहीं)। वह पूर्ण ब्रह्म न भीतर जानता है, न बाहर जानता है, न बाहर-भीतर—दोनोंको ही जानता है; वह न स्थूल है न सूक्ष्म है; न वह ज्ञानरूप है, न अज्ञानरूप है, वह पकड़में आनेवाला तथा व्यवहारका विषय नहीं है। वह अपने भीतर स्वयं ही स्थित है। जो इस प्रकार जानता है, वह मुक्त हो जाता है, वह मुक्त हो जाता है—इस प्रकार भगवान् ब्रह्माजीने उपदेश दिया ॥ १४–२२ ॥

अपने स्वरूपको जाननेवाला संन्यासी अकेला ही विचरता है। वह भयभीत मृगकी भाँति कभी एक स्थानपर नहीं ठहरता। अन्यत्र जानेका यदि कोई विरोध (अथवा न जानेका अनुरोध) करता है, तो उसे वह स्वीकार नहीं करता। अपने शरीरके सिवा अन्य सब वस्तुओंको त्यागकर वह मधुकरी-वृत्तिसे भिक्षा ग्रहण करता है। सदा अपने स्वरूपका ही चिन्तन करते हुए उसकी सबके प्रति अनन्य बुद्धि हो जाती है—वह सबको अपना आत्मा ही समझता है तथा इस प्रकार अपने-आपमें ही स्थित रहनेवाला वह यति सब प्रकारके बन्धनोंसे मुक्त हो जाता है। वह परिव्राजक सम्पूर्ण क्रियाओं और कारकोंसे भेद-बुद्धि त्याग देता है। गुरु (शास्ता), शिष्य और शास्त्र

आदिकी त्रिपुटीसे भी वह मुक्त हो जाता है। समस्त संसारको त्यागकर वह कभी उसके दुःखसे मोहित नहीं होता। परिव्राजक कैसा हो ? वह लौकिक धनसे रहित होनेपर ही सुखी होता है। वह ब्रह्मात्मज्ञानरूप धनसे सम्पन्न हो ज्ञान-अज्ञान दोनोंसे ऊपर उठ जाता है। सुख-दुःख दोनोंके पार पहुँच जाता है। वह आत्मज्योतिसे ही प्रकाश ग्रहण करता है। सब ज्ञातव्य पदार्थ उसे ज्ञात हो जाते हैं। वह सर्वज्ञ, सब सिद्धियोंका दाता और सर्वेश्वर हो जाता है। क्योंकि 'सोऽहम्' (वह ब्रह्म मैं हूँ)—इस महावाक्यके उपदेशमें उसकी सहज स्थिति हो जाती है। वह परब्रह्म ही भगवान् विष्णुका परमधाम है; जहाँ जाकर योगी पुरुष वहाँसे इस संसारमें नहीं लौटते। वहाँ न तो सूर्य प्रकाशित होता है और न चन्द्रमा ही प्रकाश फैलाता है। उस परम पदको प्राप्त होनेवाला वह महात्मा इस संसारमें नहीं लौटता, इस संसारमें नहीं लौटता। वही कैवल्यपद है। इतना ही यह उपनिषद् है ॥ २३ ॥

॥ नवम उपदेश समाप्त ॥ ९ ॥

॥ अथर्ववेदीय नारदपरिव्राजकोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

अमृतत्वकी प्राप्तिका साधन

तपोविजितचित्तस्तु निःशब्दं देशमास्थितः। निःसङ्गतत्त्वयोगज्ञो निरपेक्षः शनैः शनैः ॥
पाशं छित्त्वा यथा हंसो निर्विशङ्कं खमुत्क्रमेत्। छिन्नपाशस्तथा जीवः संसारं तरते सदा ॥
यथा निर्वाणकाले तु दीपो दग्ध्वा लयं व्रजेत्। तथा सर्वाणि कर्माणि योगी दग्ध्वा लयं व्रजेत् ॥
अमृतत्वं समाप्नोति यदा कामात्स मुच्यते। सर्वैषणाविनिर्मुक्तश्छित्त्वा तं तु न बध्यते ॥
(क्षुरिकोपनिषद्)

तपके द्वारा जिसने चित्तको जीत लिया है, उसे शब्दरहित एकान्त स्थानमें स्थित होकर सङ्गशून्य तत्त्वके लिये योगका ज्ञाता बनना और धीरे-धीरे अपेक्षारहित बनना चाहिये। जैसे बन्धनको काटकर हंस आकाशमें निःशङ्क उड़ जाता है, वैसे ही जिसके बन्धन कट गये हैं, वह जीव संसारसे सदाके लिये तर जाता है। जैसे दीपक बुझनेके समय सारे तेलको जलाकर बुझ जाता है, वैसे ही योगी समस्त कर्मोंको जलाकर ब्रह्ममें लीन हो जाता है। साधक जब समस्त कामनाओंसे छूट जाता है और सारी एषणाओंसे रहित हो जाता है, तब वह अमृतत्वको प्राप्त होता है। यों संसार-बन्धनको काट डालनेके बाद वह बँधता नहीं।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

सामवेदीय

आरुणिकोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

संन्यासग्रहणकी विधि तथा संन्यासके नियम

ॐ—प्रजापतिके उपासक अरुणके पुत्र आरुणि ब्रह्मलोकमें ब्रह्माजीके पास गये । वहाँ जाकर बोले—'भगवन् ! किस प्रकार मैं समस्त कर्मोंका त्याग कर सकता हूँ ?' ब्रह्माजीने उनसे कहा—'अपने पुत्र, भाई-बन्धु आदिको, शिखा, यज्ञोपवीत, यज्ञ एवं स्वाध्यायको तथा भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपोलोक, सत्यलोक एवं अतल, तलातल, वितल, सुतल, रसातल, महातल और पातालको—इस प्रकार सम्पूर्ण ब्रह्माण्डका त्याग कर दे । केवल दण्ड, आच्छादनके लिये वस्त्र तथा कौपीन धारण करे । शेष सब कुछ त्याग दे ॥ १ ॥

'गृहस्थ हो, ब्रह्मचारी हो या वानप्रस्थ हो, यज्ञोपवीतको भूमिपर अथवा जलमें छोड़ दे । लौकिक अग्नियोंको अर्थात् अग्निहोत्रकी तीनों अग्नियोंको अपनी जठराग्निमें लीन करे तथा गायत्रीको अपनी वाणीरूपी अग्निमें स्थापित करे । कुटीमें रहनेवाला ब्रह्मचारी अपने कुटुम्बको छोड़ दे, पात्रका त्याग कर दे, पवित्री (कुशा) को त्याग दे । दण्डों और लोकोंका त्याग करे—इस प्रकार उन्होंने कहा । इसके बाद मन्त्रहीनके समान आचरण करे । ऊर्ध्वगमन अर्थात् ऊर्ध्वलोकोंमें जानेकी इच्छा भी न करे । औषधकी भाँति (स्वाद-बुद्धि न रखकर, केवल शरीर-रक्षाके लिये) अन्न ग्रहण करे, तीनों सन्ध्याओंके पूर्व स्नान करे । सन्ध्याकालमें समाधिमें स्थित होकर परमात्माका अनुसन्धान करे । सब वेदोंमें आरण्यकोंकी आवृत्ति (पाठ एवं मनन) करे, उपनिषदों-की आवृत्ति करे । उपनिषदोंकी आवृत्ति करे ॥ २ ॥

'निश्चय ही ब्रह्मको सूचित करनेवाला सूत्र—ब्रह्मसूत्र मैं ही हूँ, यों समझकर त्रिवृत्सूत्र अर्थात् उपवीतका त्याग करे । इस प्रकार समझनेवाला विद्वान् 'मया संन्यस्तम्, मया संन्यस्तम्, मया संन्यस्तम्' (मैंने संन्यास लिया, मैंने सर्वत्याग कर दिया, मैंने सब कुछ छोड़ दिया)—यों तीन बार कहकर—

अभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः सर्वं प्रवर्तते ।
सखा मा गोपायौजः सखा योऽसीन्द्रस्य वज्रोऽसि
वार्त्रघ्नः शर्म मे भव यत्पापं तन्निवारय ॥*

—इस मन्त्रसे अभिमन्त्रित बाँसका दण्ड और कौपीन धारण करे; ओषधिकी भाँति भोजन करे; ओषधिकी भाँति अल्पमात्रामें भोजन करे; जो कुछ मिल जाय वही खा ले । आरुणि ! ब्रह्मचर्य, अहिंसा, अपरिग्रह तथा सत्यकी यत्नपूर्वक रक्षा करो, रक्षा करो, रक्षा करो ॥ ३ ॥

---

* सब (हिंस्र तथा अहिंस्र) प्राणियोंको अभय प्राप्त हो—किसीको भी मुझसे भय न हो; क्योंकि मुझसे ही सारा विश्व प्रवर्तित होता है । दण्ड ! तुम मेरे मित्र हो, मेरे ओजकी रक्षा करो । तुम मेरे मित्र हो, वृत्रासुरको मारनेवाले इन्द्रके वज्र हो । वज्र ! मुझे सुख प्रदान करो । मुझे संन्यास-धर्मसे गिरानेवाला जो भी पाप हो, उसका निवारण करो ।

'इसके पश्चात् परमहंस परिव्राजकोंके लिये भूमिपर ही आसन और शयन आदिका, ब्रह्मचर्यपूर्वक रहनेका तथा मिट्टी-का पात्र, तूँबी अथवा काष्ठका कमण्डलु रखनेका विधान है। संन्यासियोंको काम, क्रोध, हर्ष, रोष, लोभ, मोह, दम्भ, दर्प, इच्छा, परनिन्दा, ममता, अहङ्कार आदिका भी परित्याग कर देना चाहिये। वर्षा ऋतुमें एक स्थानमें स्थिर होकर रहे; शेष आठ महीने अकेला विचरण करे, अथवा एक और साथी लेकर, दो होकर विचरे, दो होकर विचरे॥ ४॥

'इस प्रकार जाननेवाला जो विद्वान् (संन्यासी होना चाहे) वह उपनयनके अनन्तर अथवा पहले भी उपर्युक्त विधिसे अपने माता-पिता, पुत्र, अग्नि, उपवीत, कर्म, पत्नी अथवा अन्य जो कुछ भी हो—सबका परित्याग कर दे। संन्यासियोंको चाहिये कि हाथोंको ही पात्र बनाकर अथवा उदरको ही पात्रके रूपमें लेकर भिक्षाके लिये गाँवमें प्रवेश करे। उस समय 'ॐ हि ॐ हि ॐ हि' इस उपनिषद्-मन्त्रका उच्चारण करे। यह उपनिषद् है; जो इस उपनिषद्को निश्चयपूर्वक यों जानता है, वही विद्वान् है। पलाश, बेल, पीपल अथवा गूलरके दण्ड, मूँजकी मेखला तथा यज्ञोपवीत (अर्थात् द्विजत्वके बाह्य उपकरणों) को त्यागकर जो इस प्रकार जानता है, वही शूरवीर है। जो आकाशमें तेजोमय सूर्यमण्डलकी भाँति, परम व्योममें चिन्मय प्रकाशद्वारा सब ओर व्याप्त है, भगवान् विष्णुके उस परम धामको विद्वान् उपासक सदा ही देखते हैं। साधनामें सदा जाग्रत् रहनेवाले निष्काम उपासक ब्राह्मण वहाँ पहुँचकर उस परमधामको और भी उद्दीप्त किये रहते हैं, जिसे विष्णुका परम पद कहते हैं। वह परम पद निष्काम उपासकको प्राप्त होता है। जो इस प्रकार जानता है, वह उक्त फलका भागी होता है। यह महा उपनिषद् है'॥ ५॥

॥ सामवेदीय आरुणिकोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

दो विद्याएँ

द्वे विद्ये वेदितव्ये तु शब्दब्रह्म परं च यत्। शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति॥
ग्रन्थमभ्यस्य मेधावी ज्ञानविज्ञानतत्त्वतः। पलालमिव धान्यार्थी त्यजेद् ग्रन्थमशेषतः॥

(ब्रह्मबिन्दूपनिषद् १७-१८)

दो विद्याएँ जाननेकी हैं—'शब्दब्रह्म' और 'परब्रह्म'—शास्त्रज्ञान और भगवान्का यथार्थ स्वरूपज्ञान। शास्त्रज्ञानमें निपुण हो जानेपर मनुष्य भगवान्को भी जान लेता है। बुद्धिमान् पुरुषको चाहिये कि वह ग्रन्थका अभ्यास करके उसके ज्ञान-विज्ञानरूप तत्त्वको प्राप्त कर ले, फिर उस ग्रन्थको वैसे ही त्याग दे, जैसे धान चाहनेवाला मनुष्य धानको लेकर पुआलको खलिहानमें छोड़ देता है।

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

सामवेदीय

जाबाल्युपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

पाशुपत-मतके अनुसार तत्त्वविचार; भस्म-धारणकी विधि तथा माहात्म्य; त्रिपुण्ड्रकी तीन रेखाओंका अर्थ

हरिः ॐ । एक बार भगवान् जाबालिके पास पिप्पलादके पुत्र पैप्पलादि मुनि गये और उनसे बोले—'भगवन् ! मुझे परमतत्त्वका रहस्य बतलाइये। क्या तत्त्व है, कौन जीव है, कौन पशु है, कौन ईश्वर है और मोक्षका उपाय क्या है ?' भगवान् जाबालिने उनसे कहा—'तुमने बहुत अच्छी बात पूछी है, जैसा मुझे ज्ञात है, वह सब निवेदन करूँगा ।' फिर पैप्पलादि मुनिने उनसे पूछा—'आपको यह किसके द्वारा ज्ञात हुआ ?' वे पुनः उनसे बोले—'श्रीकार्तिकेयजीसे ।' पैप्पलादिने फिर पूछा—'षडाननको किससे ज्ञात हुआ ?' वे बोले—'श्रीमहादेवजीसे ।' पैप्पलादिने फिर उनसे पूछा—'महादेवजीसे उन्होंने किस प्रकार जाना ?' तब जाबालिने उत्तर दिया—'महादेवजीकी उपासनाके द्वारा ।' फिर पैप्पलादिने जाबालिसे कहा—'भगवन् ! कृपापूर्वक हमें यह सब कुछ रहस्यसहित बतलाइये ।' उनके द्वारा पूछे जानेपर जाबालिने सब तत्त्व बतलाया—'पशुपति ही अहङ्कारसे युक्त होकर जब सांसारिक जीव बनते हैं, तब पशु कहलाते हैं । पाँच कृत्योंसे सम्पन्न सर्वज्ञ, सर्वेश्वर महेश्वर ही पशुपति हैं ।' 'पशु कौन हैं ?' यह पूछनेपर उन्होंने बतलाया कि 'जीव ही पशु कहलाते हैं ।' उनके पति होनेके कारण महेश्वर पशुपति हैं। पैप्पलादिने फिर पूछा—'जीव कैसे पशु कहलाते हैं और महेश्वर कैसे पशुपति ?' भगवान् जाबालिने उनसे कहा—'जिस प्रकार घास-चारा खानेवाले, अविवेकी—जड, दूसरोंके द्वारा हाँके जानेवाले, खेती आदिके काममें नियुक्त, सब दुःखोंको सहनेवाले तथा अपने स्वामीके द्वारा बाँधे जानेवाले गौ आदि पशु होते हैं, वैसे ही जीव भी पशु कहलाते हैं । तथा उनके स्वामीके समान होनेके कारण सर्वज्ञ ईश्वर ही पशुपति हैं ।' 'उनका ज्ञान किस उपायसे होता है ?' तब भगवान् जाबालिने उत्तर दिया 'विभूति धारण करनेसे ।' 'उसकी क्या विधि है ? कहाँ-कहाँ उसे धारण करना चाहिये ?' भगवान् जाबालि पुनः उनसे कहने लगे—'सद्योजातादि' पाँच ब्रह्मसंज्ञक मन्त्रोंसे* भस्म

---

* ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः ।
भवे भवेनातिभवे भवस्व मां भवोद्भवाय नमः ॥

ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलविकरणाय नमो बलाय नमो बलप्रमथनाय नमः सर्वभूतदमनाय नमो मनोन्मथाय नमः ॥

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः सर्वेभ्यः सर्वशर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः ॥

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् ॥

ॐ ईशानः सर्वविद्यानाम् ईश्वरः सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणो ब्रह्मा शिवो मेऽस्तु सदाशिवोम् ॥

संग्रह करे। 'अग्निरिति भस्म'* इस मन्त्रसे भस्मको अभिमन्त्रित करे, 'मा नस्तोके०'† इस मन्त्रसे उठाकर जलसे मले, 'त्र्यायुषम्०'‡ इत्यादि मन्त्रसे मस्तक, ललाट, वक्षःस्थल और कन्धोंपर त्रिपुण्ड्र करे। 'त्र्यायुषम्०' तथा 'त्र्यम्बकम्०'§ इन दोनों मन्त्रोंको तीन-तीन बार पढ़ते हुए तीन रेखाएँ खींचे। यह 'शाम्भव' व्रत है, सम्पूर्ण वेदोंमें वेदज्ञोंद्वारा कहा गया है। मुमुक्षु आवागमनसे बचनेके लिये इसका सम्यक् आचरण करे।' तदनन्तर सनत्कुमारने इन रेखाओंका परिमाण पूछा। त्रिपुण्ड्र-धारणकी तीन रेखाएँ ललाटभरमें चक्षु और भ्रुवोंके मध्यतक होती हैं। इनमें जो प्रथमा रेखा है, वह गार्हपत्य-अग्निका प्रतीक, प्रणवका अकार, रजोगुणस्वरूप, भूर्लोक, देहात्मा, क्रियाशक्ति, ऋग्वेद, प्रातःकालीन सवन और ब्रह्मादेवताका स्वरूप है। इसकी जो द्वितीय रेखा है, वह दक्षिणाग्निका प्रतीक, उकार, सत्त्वगुण, अन्तरिक्ष, अन्तरात्मा, इच्छाशक्ति, यजुर्वेद, माध्यन्दिन सवन और विष्णुदेवताका स्वरूप है। जो इसकी तृतीय रेखा है, वह आहवनीय अग्निका प्रतीक, मकार, तमोगुण, द्युलोक, परमात्मा, ज्ञानशक्ति, सामवेद, तृतीय सवन और महादेवदेवताका स्वरूप है। यों समझकर जो भस्मका त्रिपुण्ड्र धारण करता है, वह विद्वान्, ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यासी—जो भी कोई हो, महापातक और उपपातकोंसे मुक्त हो जाता है। सब देवताओंके ध्यानका फल उसको मिलता है। उसे सब तीर्थोंके स्नानका फल प्राप्त हो जाता है। वह समस्त रुद्रमन्त्रोंके जापका फल प्राप्त कर लेता है। वह पुनः आवागमनमें नहीं पड़ता, पुनः आवागमनमें नहीं पड़ता। ॐ सत्यम्—यह उपनिषद् है।

॥ सामवेदीय जाबाल्युपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

शिवका उपासक धन्य है

सर्गादिकाले भगवान् विरिञ्चिरुपास्यैनं सर्गसामर्थ्यमाप्य।
तुतोष चित्ते वाञ्छितार्थांश्च लब्ध्वा धन्यः सोपास्योपासको भवति धाता ॥(दक्षिणामूर्ति० २०)

सृष्टिके आदिकालमें भगवान् ब्रह्मा इन (शिव) की उपासना करनेसे सामर्थ्य प्राप्तकर और मनोऽभिलषित अर्थको पाकर सन्तुष्ट होते हैं। इन उपास्य (शिव) का उपासक धन्य है; क्योंकि वह भी धाता (सबका धारण-पोषण करने-वाला) हो जाता है।

* ॐ अग्निरिति भस्म वायुरिति भस्म व्योमेति भस्म जलमिति भस्म स्थलमिति भस्म ॥

† मा नस्तोके तनये मा न आयुषि मा नो गोषु मा नो अश्वेषु रीरिषः। मा नो वीरान्रुद्र भामिनो वधीर्हविष्मन्तः सदमित्त्वा हवामहे ॥ (यजुर्वेद १६ । १६)

‡ त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषम्। यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नोऽस्तु त्र्यायुषम् ॥ (यजुर्वेद ३ । ६२)

§ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात् ॥ (यजुर्वेद ३ । ६०)

॥ ॐ श्रीपरमात्मने नमः ॥

सामवेदीय

वासुदेवोपनिषद्

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

गोपीचन्दनका महत्त्व, उसके धारणकी विधि और फल

देवर्षि नारदने सर्वेश्वर भगवान् वासुदेवको नमस्कार करके उनसे पूछा—भगवन् ! द्रव्य, मन्त्र, स्थान आदि (देवता, रेखा, रंग एवं परिमाण) के साथ मुझे ऊर्ध्वपुण्ड्रकी विधि बतलाइये ।

तब देवर्षि नारदसे भगवान् वासुदेव बोले—'जिसे ब्रह्मादि मेरे भक्त धारण करते हैं, वह वैकुण्ठधाममें उत्पन्न, मुझे प्रसन्न करनेवाला विष्णुचन्दन मैंने वैकुण्ठधामसे लाकर द्वारकामें प्रतिष्ठित किया है । कुङ्कुमादिसहित विष्णुचन्दन ही चन्दन है । मेरे अङ्गोंमें वह चन्दन गोपियोंद्वारा उपलेपित और प्रक्षालित होनेसे गोपीचन्दन कहा जाता है । मेरे अङ्गका वह पवित्र उपलेपन चक्रतीर्थमें स्थित है । चक्र (गोमतीचक्र) सहित तथा पीले रंगका वह मुक्ति देनेवाला है । [चक्रतीर्थमें जहाँ गोमती-चक्रशिला हो, उस शिलासे लगा पीला चन्दन ही गोपी-चन्दन है । शिलासे पृथक् तथा दूसरे रंगका नहीं ।]

पहले गोपीचन्दनको नमस्कार करके उठा ले, फिर इस मन्त्रसे प्रार्थना करे—

गोपीचन्दन पापघ्न विष्णुदेहसमुद्भव ।
चक्राङ्कित नमस्तुभ्यं धारणान्मुक्तिदो भव ॥

'हे विष्णुभगवान्‌के देहसे समुत्पन्न पापनाशक गोपी-चन्दन ! हे चक्राङ्कित ! आपको नमस्कार है । धारण करनेसे मेरे लिये मुक्ति देनेवाले होइये ।'

इस प्रकार प्रार्थना करके 'इमं मे गङ्गे०'[1] इस मन्त्रसे जल लेकर 'विष्णोर्नु कम्०'[2] इस मन्त्रसे (उस चन्दनको) रगड़े ।

फिर 'अतो देवा अवन्तु नो०'[3] आदि ऋग्वेदके मन्त्रोंसे तथा

---

१. 'इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या । असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयाऽऽर्जीकीये शृणुह्या सुषोमया ॥'

(ऋक्० १० । ७५ । ५)

इस मन्त्रके सिन्धुद्वीप ऋषि हैं, मन्त्रोक्त सब नदियाँ देवता हैं, जगती छन्द है, जलदानमें इसका विनियोग है ।' इन ऋषि आदिका न्यास करना चाहिये ।

२. 'विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्र वोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि ।
यो अस्कभायदुत्तरं सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः ॥'

(ऋक्० १ । १५४ । १)

इस मन्त्रका 'विष्णोर्नु कमिति मन्त्रस्य दीर्घतमा ऋषिः नारायणो देवता त्रिष्टुप् छन्दः मर्दने विनियोगः ।' इस प्रकार विनियोग है । इन ऋषि आदिका न्यास करना चाहिये ।

३. 'अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे । पृथिव्याः सप्त धामभिः ॥'

'तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः । दिवीव चक्षुराततम् । तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते । विष्णोर्यत्परमं पदम् ।'

(ऋक्० १ । २२ । १६, २०-२१)

इन तीनों मन्त्रोंको पढ़े । इनका विनियोग वाक्य यह है—'अतो देवा

विष्णुगायत्रीसे तीन बार अभिमन्त्रित करे। तदनन्तर—

शङ्खचक्रगदापाणे द्वारकानिलयाच्युत।
गोविन्द पुण्डरीकाक्ष मां पाहि शरणागतम्॥

'हाथोंमें शङ्ख, चक्र तथा गदा धारण किये, द्वारकाधाममें रहनेवाले हे अच्युत! हे कमललोचन गोविन्द! मैं आपकी शरणमें आया हूँ, मेरी रक्षा करो।'

इस प्रकार मेरा ध्यान करके गृहस्थ अनामिका अंगुलिद्वारा ललाट आदि (ललाट, उदर, हृदय, कण्ठ, दोनों भुजाएँ, दोनों कुक्षि, कान, पीठका (पेटके पीछेका) भाग, गर्दनके पीछे तथा मस्तक—इन) बारह स्थानोंपर विष्णुगायत्रीसे अथवा केशव आदि बारह नामोंसे (चन्दन) धारण करे। ब्रह्मचारी अथवा वानप्रस्थ (अनामिकासे ही) ललाट, कण्ठ, हृदय तथा बाहुमूल (कन्धोंके पास बाहुके कूल्हों) पर विष्णुगायत्रीके द्वारा अथवा कृष्णादि पाँच नामोंसे (चन्दन) धारण करे। संन्यासी तर्जनी अँगुलीसे सिर, ललाट तथा हृदयपर प्रणवके द्वारा (चन्दन) धारण करे।

इति ब्रूचस्य काण्वो मेधातिथि ऋषिः विष्णुः देवता गायत्री छन्दः अभिमन्त्रणे विनियोगः।' पूर्ववत् न्यास करे।

१. (विष्णुगायत्री)—नारायणाय विद्महे वासुदेवाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रचोदयात्।

२. ललाटे केशवं विद्यान्नारायणमथोदरे।
माधवं हृदये न्यस्य गोविन्दं कण्ठकूपके॥
विष्णुञ्च दक्षिणे कुक्षौ तद्भुजे मधुसूदनम्।
त्रिविक्रमं कर्णदेशे वामे कुक्षौ तु वामनम्॥
श्रीधरं तु सदा न्यस्येद् वामबाहौ नरः सदा।
पद्मनाभं पृष्ठदेशे ककुद्दामोदरं स्मरेत्॥
वासुदेवं स्मरेन्मूर्ध्नि तिलकं कारयेत् क्रमात्।

ललाटमें केशव, उदरमें नारायण, हृदयमें माधव, कण्ठकूपमें गोविन्द, दाहिनी कुक्षिमें विष्णु, दाहिनी भुजामें मधुसूदन, कानोंमें त्रिविक्रम, बायीं कुक्षिमें वामन, वामबाहुमें श्रीधर, पीठमें पद्मनाभ, ककुत् (गर्दनके पीछे) में दामोदर, मस्तकपर वासुदेव—इस प्रकार भगवन्नामका न्यास करते हुए तिलक करे।

३. 'कृष्णः सत्यः सात्वतः स्याच्छौरिः शूरो जनार्दनः।'

अथवा—

कृष्णाय वासुदेवाय देवकीनन्दनाय च।
नन्दगोपकुमाराय गोविन्दाय नमो नमः॥

कृष्ण, सत्य, सात्वत, शौरि एवं जनार्दन अथवा कृष्ण, वासुदेव, देवकीनन्दन, नन्दगोपकुमार और गोविन्द—इन नामोंसे तिलक करे।

ब्रह्मादि (ब्रह्मा, विष्णु, शिव), तीनों मूर्तियाँ, तीनों (भूः भुवः स्वः) व्याहृतियाँ, तीन (गण-छन्द, मात्रा-छन्द तथा अक्षर-छन्द) छन्द, तीनों (ऋक्, यजुः एवं साम) वेद, तीनों (ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत) स्वर, तीनों (आहवनीय, गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि) अग्नियाँ, तीनों (चन्द्र, सूर्य, अग्नि) ज्योतिष्मान्, तीनों (भूत, वर्तमान, भविष्य) काल, तीनों (जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति) अवस्थाएँ, तीनों (क्षर, अक्षर, परमात्मा) आत्मा, तीनों पुण्ड्र (अकार, उकार, मकार—प्रणवकी ये तीन मात्राएँ)—ये सब प्रणवात्मक तीनों ऊर्ध्वपुण्ड्रके स्वरूप हैं। अतः ये तीन रेखाएँ एकत्रित होकर ॐके रूपमें एक हो जाती हैं (अर्थात् तीनों पुण्ड्र मिलकर प्रणवरूप होते हैं)। अथवा परमहंस प्रणवद्वारा एक ही ऊर्ध्वपुण्ड्र ललाटपर धारण करे। वहाँ (ललाटमें) दीपके प्रकाशके समान अपने आत्माको देखता हुआ तथा 'मैं ब्रह्म ही हूँ' ऐसी भावना करता हुआ योगी मेरा सायुज्य (मोक्ष) प्राप्त करता है और दूसरे (परमहंसके अतिरिक्त) कुटीचक, त्रिदण्डी, बहूदक आदि संन्यासी हृदयपरके ऊर्ध्वपुण्ड्रके मध्यमें या हृदयकमलके मध्यमें अपने आत्मतत्त्वकी भावना (ध्यान) करें।

उस हृदयकमलके मध्यमें नीले बादलके मध्यमें प्रकाशमान विद्युल्लताकी भाँति अत्यन्त सूक्ष्म ऊर्ध्वमुखी अग्निशिखा स्थित है। वह नीवारके शूक (सिके—कोंपलमूल) की भाँति पतली, पीतवर्ण तथा प्रकाशमय अणुके समान है। उसी अग्निशिखाके मध्यमें परमात्मा स्थित हैं। पहले हृदयके ऊपरके ऊर्ध्वपुण्ड्रमें (अग्निशिखाके मध्य परमात्माकी भावनाका) अभ्यास करे। उसके पश्चात् हृदय-कमलमें (उसी ध्यानका) अभ्यास करे। इस प्रकार क्रमशः अपने आत्मरूपकी मुझ परम हरिरूपसे भावना करे।

जो एकाग्र मनसे मुझ अद्वैतरूप (जिसके अतिरिक्त और कोई सत्ता नहीं, उस) हरिका हृदय-कमलमें अपने आत्मरूपसे ध्यान करता है, वह मुक्त है; इसमें सन्देह नहीं। अथवा जो भक्तिद्वारा मेरे अव्यय, ब्रह्म (व्यापक), आदि-मध्य एवं अन्तसे रहित, स्वयंप्रकाश, सच्चिदानन्दस्वरूपको जानता है (वह भी मुक्त है, इसमें सन्देह नहीं)।

मैं एक ही विष्णु अनेक रूपवाले जङ्गमों तथा स्थावर भूतोंमें भी ओतप्रोत होकर उनके आत्मरूपसे

निवास करता हूँ । जैसे तिलोंमें तेल, लकड़ीमें अग्नि, दूधमें घी तथा पुष्पमें गन्ध (व्याप्त है), वैसे ही भूतोंमें उनके आत्मरूपसे मैं अवस्थित हूँ । जगत्‌में जो कुछ भी दिखायी पड़ता है अथवा सुना भी जाता है, उस सबको बाहर और भीतरसे भी व्याप्त करके मैं नारायण स्थित हूँ । मैं देहादिसे रहित, सूक्ष्म, चित्प्रकाश (ज्ञानस्वरूप), निर्मल, सबमें ओतप्रोत, अद्वैत परम ब्रह्मस्वरूप हूँ ।

ब्रह्मरन्ध्रमें, दोनों भौंहोंके मध्यमें तथा हृदयमें चेतनाको प्रकाशित करनेवाले श्रीहरिका चिन्तन करे । इन स्थानोंको गोपीचन्दनसे उपलिप्त करके (वहाँ गोपीचन्दनका तिलक करके) तथा ध्यान करके साधक परमतत्त्वको प्राप्त करता है । ऊर्ध्वदण्डी, ऊर्ध्वरेता (ब्रह्मचारी), ऊर्ध्वपुण्ड्र (धारी) तथा ऊर्ध्वयोग (उत्तम गति देनेवाले योग) को जाननेवाला—इस ऊर्ध्व-चतुष्टयसे सम्पन्न संन्यासी ऊर्ध्वपद (दिव्यधाम) को प्राप्त करता है ।

इस प्रकार यह निश्चित ज्ञान है । यह मेरी भक्तिसे स्वयं सिद्ध हो जाता है । नित्य गोपीचन्दन धारण करनेसे एकाग्र भक्ति प्राप्त होती है । वैदिक ज्ञानसम्पन्न सर्वश्रेष्ठ सभी ब्राह्मणोंके लिये पानीके साथ घिसकर गोपीचन्दनके ऊर्ध्वपुण्ड्र (करने) का विधान है । जो मुमुक्षु (मोक्षकी इच्छा रखनेवाला) है, वह अपरोक्ष आत्मदर्शनकी सिद्धिके लिये गोपीचन्दनके अभावमें (गोपीचन्दन न हो, तब) तुलसीके जड़की मिट्टी (से) नित्य (तिलक) धारण करे । जिसका शरीर गोपीचन्दनसे लिप्त रहता है, उसके शरीरकी हड्डियाँ निश्चय ही (दधीचिकी हड्डियोंके समान) दिनोंदिन चक्र (वज्रके समान सुदृढ़) होती जाती हैं ।

(दिनमें तो गोपीचन्दनका ऊर्ध्वपुण्ड्र करे) और रात्रिको अग्निहोत्रकी भस्मसे **'अग्नेर्भस्मासि[1]०'** आदिसे (भस्म लेकर) **'इदं विष्णु[2]०'** आदि मन्त्रसे मलकर तथा **'त्रीणि पदा[3]०'** आदि मन्त्रसे, विष्णुगायत्रीसे तथा (यदि साधु हो तो) प्रणवसे उद्धूलन करे (सम्पूर्ण शरीरको मले) ।

जो इस विधिसे गोपीचन्दन धारण करता है, अथवा जो इस (उपनिषद्) का अध्ययन करता है, वह समस्त महापातकोंसे पवित्र हो जाता है । उसे पाप-बुद्धि उत्पन्न नहीं होती । वह सम्पूर्ण तीर्थोंमें स्नान कर चुकता है । (सब तीर्थोंके स्नानका पुण्य प्राप्त कर लेता है ।) सम्पूर्ण यज्ञोंका यजन करनेवाला (उनके यजनके फलको प्राप्त) होता है । सम्पूर्ण देवताओंसे पूजनीय हो जाता है । उसकी मुझ नारायणमें अचला भक्ति वृद्धिको प्राप्त होती है । वह सम्यक् ज्ञान प्राप्त करके भगवान् विष्णुका सायुज्य (मोक्ष) प्राप्त करता है । फिर (संसारमें) लौटकर नहीं आता, नहीं आता ।

आकाशमें व्याप्त हुए सूर्यकी भाँति भगवान् विष्णुके उस परमपदको सूक्ष्मदर्शी (ज्ञानी) सदा अपने हृदयाकाशमें देखते (साक्षात् करते) हैं । भगवान् विष्णुका वह जो परम पद है, उसे लोक-व्यवहारमें अनासक्त एवं साधनके लिये सदा जाग्रत् रहनेवाले विप्रगण ध्यानमें प्रकाशित करते हैं । (ध्यानमें उसका साक्षात् दर्शन करते हैं ।)

॥ सामवेदीय वासुदेवोपनिषद् समाप्त ॥

शान्तिपाठ

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ।

ॐ शान्तिः ! शान्तिः !! शान्तिः !!!

---

१. 'अग्नेर्भसास्यग्नेः पुरीषमसि चितः स्थ परिचित ऊर्ध्वचितः श्रयध्वम् ।' (वाजसनेयिसंहिता १२ । ४६)

२. 'इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा निदधे पदम् । समूढमस्य पाꣳसुरे ॥' (ऋक्० १ । २२ । १७)

३. 'त्रीणि पदा वि चक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः । अतो धर्माणि धारयन् ।' (ऋक्० १ । २२ । १८)

उपनिषदोंमें श्रीसर्वेश्वर

(लेखक—विद्याभूषण, सांख्य-साहित्य-वेदान्ततीर्थ श्रीव्रजवल्लभशरणजी वेदान्ताचार्य)

वेदेषु यत्किमपि गुप्तमनन्ततत्त्वं
ब्रह्मात्मसत्पुरुषशब्दमुखैर्विनीतम् ।
नत्वेह निर्गुणमशेषगुणाश्रयं तं
सर्वेश्वरं श्रुतिगिरा सुविभावयामि ॥

अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड-नायक विश्वम्भर परमपिता परमेश्वर-तत्त्वकी वेद एवं उपनिषदोंमें जो मीमांसा की गयी है, वह ब्रह्म, आत्मा, विष्णु, रुद्र, शिव, केवल, सर्वज्ञ, इन्द्र, उपेन्द्र, नारायण, नृसिंह, कृष्ण, गोपाल, गोविन्द, परमात्मा, परमेश्वर, पुरुषोत्तम, वासुदेव, राम, यम, काल, ईश्वर, प्राण, आकाश, कं, खं, ॐ, सत्, असत्, चित्, आनन्द और अक्षर आदि अनेकों नामोंसे की गयी है। उपर्युक्त सभी नाम सार्थक हैं। इन सभीमें श्रीसर्वेश्वरके ही स्वरूप-गुणोंकी झाँकी होती है; क्योंकि शब्द और अर्थका तादात्म्य-सम्बन्ध माना जाता है। अतः शब्दके उच्चारण होते ही उसका अर्थ भाषित हो जाता है; परंतु जो व्यक्ति शब्दकी शक्तिसे अनभिज्ञ हों, उनको बारंबार उच्चारण करनेपर भी इन शब्दोंका अर्थ ज्ञात नहीं हो पाता। जबतक शब्दशक्ति-को द्योतन करनेवाले साधनोंकी प्राप्ति नहीं होती, तबतक अर्थ चाहे स्वयं मूर्तिमान् बनकर भी किसीके सामने उपस्थित हो जाय, अबोध व्यक्तिको यह पता नहीं चल सकता कि यह कौन वस्तु है, इसका क्या महत्त्व है एवं यह किस उपयोगमें आती है। जैसे नवजात शिशुको उसके माता-पिता, भाई आदि तत्तद्व्यक्तियोंको दिखलाकर जबतक बारंबार उनके नाम नहीं सुनाये जाते, तबतक वह शिशु अपने जनक-जननी आदि परमहितैषी आत्मीयोंको भी नहीं जान पाता। परंतु उनका ज्ञान हो जानेपर वह अपने उन माता-पिता-भ्राता आदिको उन-उन नामोंसे पुकारने लगता है और उनमें आत्मरक्षाका अभिनिवेश बना लेता है। अतएव जब कभी कोई भी आपत्ति आती दीखती है, तो वह तत्क्षण तल्लीन होकर रोता है और अपने उन पोषक-रक्षक माता-पिता आदिको पुकारता है और वे अपने कर्तव्यानुसार यथाशक्ति उसकी रक्षा करते हैं। अवस्था बढ़ जानेपर भी जबतक उस व्यक्ति-को किसी विशिष्ट शक्तिशाली संरक्षकका ज्ञान नहीं होता, तबतक वह उन्हीं भौतिकविग्रही माता-पिता आदिपर निर्भर रहता है। यही कारण है कि कुछ लोग वृद्ध हो जानेपर भी दुःखके अवसरपर अरी मैया! अरे बाप! आदि शब्दोंके वाच्यार्थको ही अपना संरक्षक मानते हैं। अतः ईश्वर आदि शब्दोंसे पुकार न करके अरी मा! आदि-आदि सम्बोधनोंके साथ-साथ ही रुदन करते देखे जाते हैं। यह लौकिक ज्ञानका उदाहरण शास्त्रीय ज्ञानके साथ भी घनिष्ठ सम्बन्ध रखता है। जैसे माता-पिता शब्दोंके प्रतिपाद्य व्यक्ति अपने पालनीयोंकी जहाँतक जितनी रक्षा करते हैं, वैसे ही उस सर्वाधार सर्वनियन्ता सर्वेश्वर प्रभुके ब्रह्म आत्मा आदि अन्यान्य नाम एवं उन नामोंके द्वारा अभिव्यक्त होनेवाला तत्तद्गुणशक्ति-विशिष्ट परमात्म-तत्त्व भी वहींतक उतनी ही रक्षा करता है, जितनी मात्रामें कि उन-उन नामोंसे परमात्म-शक्तिका आविर्भाव होता है, क्योंकि 'सर्वे शब्दा ब्रह्म-वाचकाः' इस उक्तिके अनुसार माता-पिता, भैया आदि सभी शब्द ब्रह्म (परमेश्वर) के ही वाचक होनेपर भी उनसे परिसीमित त्राणरूप ही फल मिलता है। अतः असीम रक्षाके लिये माता-पिता आदि शब्दोंके अतिरिक्त किसी दूसरे ही शब्दका अवलम्ब लिया जाता है; किंतु परमात्माके नाम अनन्त हैं। क्रमशः एक-एक नामकी उपासना करते-करते सहस्रों मानवजन्म व्यतीत हो जायँ तब भी, निर्हेतुक असीम कृपाकारक सर्वोच्च परमात्मतत्त्व-प्रतिपादक नामका प्राप्त होना कठिन है। अतः उपनिषदोंमें उस अनन्त ब्रह्माण्डनायक सर्वाधार सर्वेश्वर प्रभुके कुछ ऐसे विशिष्ट नामोंका उल्लेख है कि जिनका क्रम पूर्ण होकर एक ही जन्ममें मनुष्यको सर्वोच्च नामकी प्राप्ति हो सकती है, जिसके प्रयोगसे असीम रक्षा सुलभ हो जाती है और फिर अन्य नामादिका अन्वेषण भी अवशिष्ट नहीं रहता।

वेद, उपनिषद् आदि समस्त निगमागममें ऐसा एक महान् शब्द 'श्रीसर्वेश्वर' है, जिसका उच्चारण करते ही साधकको सर्वोच्च परमात्मतत्त्वकी झाँकी हो जाती है। किंतु यह शब्द, इस शब्दकी महिमा, इस नामकी प्रतिमा और उसकी उपासना—ये सब प्राचीन कालसे ही बड़ी गोपनीय वस्तु मानी गयी हैं। यही कारण है कि जैसे लोकमें विशेष गोप्यवस्तु, जो अत्यन्त अभीष्ट हो उसका अत्यन्त गोपन (छिपाव) किया जाता है, वैसे ही वेद और उपनिषदोंमें 'श्रीसर्वेश्वर' शब्दका अत्यन्त गोपन किया गया है। अर्थात्

ब्रह्म, आत्मा आदि अन्यान्य परमात्मवाचक शब्दोंकी अपेक्षा 'श्रीसर्वेश्वर' शब्दका प्रयोग अत्यन्त स्वल्प संख्यामें ही हुआ है। दूसरा हेतु यह भी माना जा सकता है कि ब्रह्म, आत्मा आदि शब्द अनेकार्थ-द्योतक हैं और सर्वेश्वर शब्द केवल एक ही सर्वोच्च पारमार्थिक पदार्थका प्रतिपादक है। अतएव उनका प्रयोग विभिन्न अर्थोंमें होनेके कारण अधिक स्थलोंमें एवं अधिक रूपेण हुआ है और 'सर्वेश्वर' शब्दका प्रयोग उसी स्थलमें हुआ है, जहाँ कि एक सर्वोच्च पारमार्थिक परमात्मतत्त्वके प्रतिपादनकी आवश्यकता हुई। इसलिये अन्यान्य उपनिषदोंमें प्रयुक्त 'सर्वेश्वर' शब्दकी चर्चा न करके केवल माण्डूक्य और बृहदारण्यक उपनिषद्में पठित सर्वेश्वर शब्दका ही पाठकोंको दिग्दर्शनमात्र करा दिया जाता है।

'एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि भूतानाम्।' (माण्डूक्य० १।५)

'यही सर्वेश्वर प्रभु हैं, जो चराचरके शासक और भूत-भविष्यत्-वर्तमान कालत्रयमें बाहर-भीतरकी समस्त वस्तु और भावोंके ज्ञाता हैं। अतएव ये ही अन्तर्यामी हैं और ये ही प्रभु समस्त चराचरके उपादान और समस्त भूत-प्राणियोंके निमित्तकारण तथा संहारक भी ये ही हैं।' यद्यपि कुछ महानुभाव इस श्रुतिकी व्याख्या करते हुए इसके 'सर्वेश्वर' शब्दको वैसे ही परब्रह्मका प्रतिपादक नहीं मानते हैं, जैसा कि उन्होंने परब्रह्म मान रक्खा है, तथापि उपक्रमोपसंहारादिपर विचार करनेसे उनकी वह व्याख्या असंगत-सी हो जाती है। क्योंकि इस उपनिषद्के आरम्भमें ही ॐकारपदवाच्य परब्रह्मकी प्रस्तावना की गयी है, फिर उस परब्रह्मको सुगमरूपसे जाननेके लिये उसी परब्रह्मके चार पादोंकी गणना की गयी है। यद्यपि वह परमात्मतत्त्व एक ही है। किसी प्रकारसे विभक्त नहीं होता तथापि स्थानादिके विभेदसे विश्व, तैजस, प्राज्ञ, तुरीय आदि उसकी अनेकों संज्ञाएँ हो जाती हैं। उपर्युक्त सभी संज्ञाएँ सापेक्ष हैं, इनमें अन्तर्यामिता एवं सर्वेश्वरता सर्वत्र निरपेक्षरूपेण विद्यमान रहती है। जाग्रत्-अवस्थामें आत्मा, इन्द्रिय, शरीर—ये सब सञ्चरित रहते हैं। अतः इस अवस्थामें वह अन्तर्यामी 'विश्व' कहलाता है। जब सब इन्द्रियोंकी शक्ति मनमें लीन हो जाती है, तब उस स्वप्नावस्थामें वह अन्तर्यामी प्रभु 'तैजस' कहलाता है, क्योंकि वहाँ मनका ही अन्तर्नियमन करता है। जब वह मन भी आत्मामें लीन हो जाता है, तब उस सुषुप्ति-अवस्थामें केवल जीवात्माका ही अन्तर्नियमन करनेसे वह अन्तर्यामी प्रभु 'प्राज्ञ' कहलाता है। जब वह प्रभु जाग्रत् आदि समस्त भेदोंको अत्यन्त सूक्ष्मरूपसे अपनेमें लीन करके योगनिद्रास्थ होता है—तब वही 'तुरीय' कहलाता है। यद्यपि जाग्रदादि अवस्थाएँ बदलती रहती हैं; किंतु परब्रह्मका सच्चिदानन्दात्मक वास्तविक स्वरूप चारों पादों (अवस्थाओं) में अनुस्यूत रहता है। अतः सभी पादों (अवस्थाओं) के अन्तर्यामीमें सर्वेश्वरत्व भी निर्बाध है ही। यदि इस उपनिषद्में स्वप्रतिपाद्य चतुर्थ पादमात्र ही परब्रह्मत्वेन अभीष्ट होता तो आरम्भमें 'सर्वं हि एतद्ब्रह्म' ऐसी प्रतिज्ञा न करके 'चतुर्थपाद एव ब्रह्म' ऐसी प्रतिज्ञा की जाती। अतः तृतीय पादके पश्चात् और चतुर्थ पादके पूर्वपठित 'सर्वेश्वर' शब्द देहली-दीपकन्यायसे दोनों पादोंके साथ ही अन्वित हो सकता है—यह नहीं, अपितु चारों पादोंके साथ ही अन्वित समझना चाहिये। उपनिषदोंमें जहाँ कहीं किसी श्रुतिके शब्दार्थमें सन्देह प्रतीत होता है, वह अन्यत्र दूसरी श्रुतिमें स्पष्ट हो जाता है, अतएव यही 'सर्वेश्वर' शब्द बृहदारण्यक उपनिषद्में स्पष्टतया उसी परात्पर ब्रह्मका प्रतिपादन करता हुआ दृष्टिगत होता है, जैसा कि समस्त व्याख्याकारोंने उच्च-से-उच्च परात्मतत्त्व मान रक्खा है। क्योंकि इसके अतिरिक्त फिर और कोई उपनिषत्-प्रतिपाद्य सर्वोच्च तत्त्व है ही नहीं।

'स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः स न साधुना कर्मणा भूयान्नो एवासाधुना कनीयान् एष सर्वेश्वर एष भूताधिपतिरेष भूतपाल एष सेतुर्विधरण एषां लोकानामसम्भेदाय तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेनैतमेव विदित्वा मुनिर्भवति।' (बृहदारण्यक० ४।४।२२)

'वह यही परमपिता परमेश्वर महान् अज है, जिसका शास्त्रोंमें अनेकों नामोंसे उल्लेख मिलता है। यही प्रभु शरीर, इन्द्रिय, मन, प्राणादिमें विज्ञान (प्रकाश) मयरूपसे विराजमान है, अन्तर्यामीरूपसे हृदयान्तर्वर्ति-आकाशमें सदा स्थित रहता है। अतएव समस्त प्राणी इसीके वशमें हैं; इसीकी प्रेरणासे प्रवृत्त होते हैं, क्योंकि यही प्रभु सबके शासक हैं एवं चराचरके अधिपति हैं। यद्यपि प्रत्येक जीव और समस्त सदसद् वस्तुओंके भीतर यह प्रभु विराजमान है तथापि उनके गुण-दोषोंसे एवं भले-बुरे कर्मोंसे लिप्त नहीं होता, पक्षपातरहित, न्यायकर्ता और सर्वत्र समान दयालु होनेके कारण यही सर्वेश्वर है, यही सर्वेश्वर प्रभु समस्त भूतप्राणियोंका अधिपति, पालक और सेतुस्वरूप सर्वाधार है। इसीके आश्रित

रहनेके कारण अत्यन्त सूक्ष्म जीवसमूह और परमाणु आदि वस्तुओंका साङ्कर्य नहीं होता। विद्वान् भक्त वेदादि सच्छास्त्रों-द्वारा एवं यज्ञ-दान-तप आदि साधनोंसे इसी सर्वेश्वर प्रभुको जानने एवं प्राप्त करनेकी इच्छा करते हैं; क्योंकि इसी सर्वेश्वर प्रभुको जानने एवं प्राप्त करनेमें जीवनकी परम सफलता है।'

प्राचीन समयमें सभी मुनिजन 'श्रीसर्वेश्वर' नाम और श्रीसर्वेश्वरकी ही उपासना करते थे। श्रीसर्वेश्वर-प्राप्तिके लिये लौकिक प्रपञ्चको त्यागकर विरक्तिका अवलम्ब लेते थे। श्रीसनकादि-जैसे मुनिजनोंने पुत्रादि लौकिक एषणाओं-को छोड़कर श्रीसर्वेश्वरको ही अपना परमाराध्य एवं परम प्राप्य माना है; क्योंकि श्रुतियोंमें 'नेति-नेति' कहकर जिस तत्त्वको सर्वोच्च बतलानेका संकेत किया है, वह यही सर्वेश्वर-तत्त्व है। अतएव इसी तत्त्वके उपासक प्राचीन ऋषि-मुनि सर्वेश्वरवादी कहलाते थे। श्रीहंसभगवान्‌ने श्रीसनकादिको इसी सर्वेश्वर-तत्त्वका उपदेश किया था। फिर सनकादिने श्रीनारदजीको इसी तत्त्वकी उपासनाका उपदेश दिया—जो छान्दोग्य-उपनिषद्‌में भूमाविद्याके नामसे वर्णित है। बृहदारण्यक उपनिषद्‌में वही भूमाविद्या सर्वेश्वरविद्याके रूपसे उपदिष्ट हुई है। देवर्षि श्रीनारदजीने श्रीनिम्बार्क आदि मुनिवरोंको इसी सर्वेश्वर-उपासना (विद्या) का उपदेश किया। इस प्रकार परम्पराके रूपमें यह विद्या चली आ रही है। श्रीनिम्बार्काचार्य-के परवर्ती सभी आचार्योंने इसे अपनी परम गोप्य विद्या मानकर केवल उत्तमोत्तम अधिकारियोंको ही इसका उपदेश किया, जिससे उत्तरोत्तर यह विद्या विरलप्रचार बनती गयी। अन्यान्य नामोंसे इस विद्याका विशेष विस्तार हुआ।

श्रीभगवान्‌के सभी नाम सर्वविधि कल्याणप्रद एवं समान ही हैं, इसमें तनिक भी संदेह नहीं। तथापि नामोंमें प्रकृति-प्रत्ययात्मक विशेषता कुछ-न-कुछ अवश्य माननी पड़ती है। क्योंकि जिन-जिन नामोंमें जैसा-जैसा प्रकृति-प्रत्ययका योग है, उन-उन नामोंसे वैसे ही शक्तिविशेषका विकास होता है। इसलिये उन-उन नामोंसे उपासना करनेवाले साधकोंको उन्हीं अर्थोंके अनुसार फल-प्राप्ति होती है। अतएव वेद, ब्राह्मण, उपनिषद्, आरण्यक, इतिहास, पुराण आदि शास्त्रोंमें ध्यान, यजन, पूजन, कीर्तन आदि विभिन्न-विभिन्न युगोंके विशेष साधनोंकी भाँति परमात्माके नामोंकी उपासनाका भी क्रम देखा जाता है; जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि किस-किस अवसरपर किन-किन ऋषि-मुनियोंने किन-किन नामोंसे परमात्माकी उपासना की।

जिस प्रकार 'ब्रह्म' 'विष्णु' आदि व्यापकत्व-प्रतिपादक शब्द प्रकृति-प्रत्ययके तात्पर्यानुसार उस परमात्म-तत्त्वकी व्यापकताको सूचित करते हैं। 'आत्म' शब्द निरन्तर स्थिति और 'सत्' शब्द अस्तिता, 'पुरुष' शब्द पुरीरूप समस्त क्षेत्रोंमें स्थिति और 'असत्' शब्द सूक्ष्म-कारणत्व प्रदर्शित करता है। 'अक्षर' शब्द अविनाशिता एवं 'राम' शब्द योगियोंके रमण-स्थलका द्योतन करता है। तथा 'कृष्ण' शब्द अपनी ओर आकर्षित कर संसारसे निवृत्तिकारिता प्रकटित करता है। 'रुद्र' शब्द भयदर्शकत्व, 'शिव' शब्द मङ्गलमयता, 'शङ्कर' शब्द कल्याण-कारकता, 'इन्द्र' शब्द आह्लादकत्व, 'सूर्य' शब्द प्रकाशकत्व, 'काल' शब्द गणनात्मकता, 'यम' शब्द नियामकता, 'प्रजापति' शब्द प्रजापालकता, 'गणपति' शब्द गणोंका आधिपत्य द्योतित करता है। 'महादेव' शब्द एक बड़े प्रकाशात्मक स्वरूपका निर्देश करता है और 'ईश्वर' शब्द शासकता प्रकटित करता है। 'विश्वेश्वर' शब्द प्राकृत विश्वकी शासकता प्रदर्शित करता है। 'पुरुषोत्तम' और 'परमात्म' शब्द भी सदा स्थित रहनेवालोंमें सर्वोच्च आत्मत्व-का प्रदर्शन कराते हैं। उसी प्रकार 'सर्वेश्वर' शब्द समस्त प्राकृत-अप्राकृत वस्तुजातकी शासकता एवं नित्य-निरतिशय ऐश्वर्य आदि सर्वोपरि शक्तिका प्रकाश करता है। यद्यपि 'ईश्वर' शब्दके साथ अखिल और निखिल शब्दोंके योगसे भी उपर्युक्त अर्थ सम्भावित हो सकता है; किंतु उपनिषदोंमें ऐसे विशेषणविशिष्ट शब्द सर्वोच्च-तत्त्व प्रतिपादनके अवसरपर कहीं नहीं अपनाये गये। इसलिये यही निश्चित होता है कि उपनिषदोंमें 'सर्वेश्वर' शब्द सर्वोच्च परमात्मतत्त्वका प्रतिपादक है। क्योंकि 'ब्रह्म' 'विष्णु' 'रुद्र' आदि जितने भी परमात्मतत्त्वके वाचक शब्द हैं, उन सभीकी शक्ति एक 'सर्वेश्वर' शब्दमें समाविष्ट है।

इसलिये प्रभुको प्रसन्न कर अपनी समस्त आपत्तियोंको मिटाने एवं नित्य निरतिशय आनन्दकी प्राप्तिके लिये, किस अवसरपर प्रभुके किस नामसे किस स्वरूपकी उपासना (प्रार्थना) करनी चाहिये—यह समझकर इस महान् धार्मिक सङ्कटके समय, उपनिषदोंके सर्वस्वरूप रहस्यात्मक इसी 'सर्वेश्वर' मन्त्रका उपयोग करना विशेष हितकर है। श्रीसर्वेश्वर प्रभुमें अपनी रक्षाके लिये ऐसा घनिष्ट अभिनिवेश कर लेना चाहिये कि—

मां चेन्न पास्यसि ततो भगवन्ममैव
हानिर्भवेदिति तु नो मननीयमीश।
सर्वेश्वरस्य करुणादिगुणामृताब्धे-
र्दासो हि सीदति जना इति वै क्षिपेयुः॥

हे भगवन्! हे ईश! आप यदि मेरी रक्षा न करेंगे तो आप यह न समझें कि उससे केवल मेरी ही हानि होगी, किंतु 'अहा देखो, सर्वेश्वरका सेवक होकर भी दुःख पा रहा है' यह कहकर जनता आपको भी उलाहना दिये बिना नहीं रहेगी।

ऐसे विश्वासी भक्तोंपर ही सर्वेश्वर प्रभु शीघ्रातिशीघ्र द्रवित होते हैं।

उपनिषदोंमें आत्मानुभव

(लेखक—श्रीबाबूलालजी गुप्त 'श्याम')

सृष्टिके पूर्व जो जगत्‌की अनिर्वचनीय अव्याकृत अवस्था है, उसीको 'अव्यक्त' कहते हैं। यह 'अव्यक्त' ही परमेश्वरकी 'माया' नामक शक्ति है। सृष्टिके प्रारम्भमें परमात्माद्वारा जो सृष्टिविषयक ईक्षण[1] (आलोचन) होता है, उसका नाम समष्टि 'बुद्धि' (महत्तत्त्व) है। अथवा यों कहिये कि सृष्टि-रचनाविषयक परमेश्वरका ज्ञान ही 'ईक्षण' है। ईक्षणके अनन्तर 'अहं बहु स्याम्' (मैं बहुत रूपोंमें प्रकट हो जाऊँ)—इस प्रकारका जो परमेश्वरीय संकल्प है, वही 'अहङ्कार'[2] कहलाता है। उस अहङ्कारसे ही आकाशादि-क्रमसे पञ्चमहाभूतोंकी उत्पत्ति हुई है[3]।

ये पञ्चमहाभूत तमःप्रधान प्रकृतिसे उत्पन्न हुए हैं। इन सबके जो पृथक्-पृथक् सत्त्व-अंश हैं, उनसे श्रोत्र आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियोंका प्रादुर्भाव हुआ है। इन पाँचों सत्त्वांशोंका संघात ही अन्तःकरण है। इसी प्रकार आकाश आदि पाँचों भूतोंके जो पृथक्-पृथक् राजस अंश हैं, उनसे क्रमशः वाक्, पाणि, पाद, गुदा तथा उपस्थ—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ उत्पन्न हुईं। उक्त पाँचों राजस अंशोंके मेलसे प्राणका प्रादुर्भाव हुआ, जो वृत्तिभेदसे मुख्यतः पाँच प्रकारका माना गया है। पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय, पाँच प्राण, मन तथा बुद्धि—इन सत्रह तत्त्वोंका समुदाय ही सूक्ष्म शरीर है। पिण्ड और ब्रह्माण्डकी उत्पत्तिके लिये पाँचों भूतोंका पञ्चीकरण हुआ। पञ्चीकृत भूतोंसे बना हुआ यह स्थूल शरीर 'अन्नमय कोष' कहलाता है। सूक्ष्म शरीरके रजोमय अंश—पाँच प्राण एवं पाँच कर्मेन्द्रियोंका समुदाय मिलकर 'प्राणमय कोष' है। मन तथा सात्त्विक अंशभूत ज्ञानेन्द्रियाँ 'मनोमय कोष'के अन्तर्गत हैं। निश्चयात्मिका बुद्धि एवं ज्ञानेन्द्रियाँ 'विज्ञानमय कोष' हैं। कारण शरीर ही 'आनन्दमय कोष' है। यही संक्षेपसे सृष्टिकी प्रक्रिया है (पञ्चदशी तत्त्व-विवेक १७ । ३६)। पञ्चीकृत भूतोंसे उत्पन्न विषयोंका ही दर्शन-स्पर्श आदि होता है। प्रत्येक इन्द्रिय अपनेसे संबन्ध रखनेवाले केवल एक ही विषयको ग्रहण करती है; इसलिये सम्पूर्ण इन्द्रियग्राह्य विषय पाञ्चभौतिक होनेके कारण विनश्वर हैं। उनकी उत्पत्ति होती है, अतः विनाश भी अवश्यम्भावी है। आत्मा नित्य-सिद्ध चेतन है; इन विनाशशील जड वस्तुओंसे उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। वह इनसे सर्वथा पृथक् एवं विलक्षण है। इस प्रकार अन्वय-व्यतिरेकसे आत्माको इन भूतोंसे पृथक् और अपना ही स्वरूप जानकर उसमें स्थिति प्राप्त की जा सकती है। आत्मस्थिति प्राप्त होनेपर ही जीव कृतकृत्य होता है। श्रीगुरुदेवकी कृपासे इस शरीरके रहते हुए ही आत्माका अनुभव होता है; और प्रयत्न करनेपर सबको हो सकता

१. 'ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन् देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्' (उन्होंने ध्यानयोगमें स्थित होकर परमात्माकी अपनी ही शक्तिका, जो अपने गुणोंसे आच्छादित (अव्यक्त) है, साक्षात्कार किया)—श्वेताश्वतर० १ । ३ । यह श्रुतिप्रतिपादित अव्यक्त है।

२. 'मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्' (श्वेता० ४ । ९) यह श्रुति परमेश्वरकी शक्तिका नाम 'माया' बतलाती है।

३. 'तदैक्षत' इति ईक्षणरूपा बुद्धिः।

४. 'बहु स्यां प्रजायेय' (छान्दो० ४ । ९) इति बहुभवन-संकल्परूपः अहङ्कारः।

५. तस्माद् वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः, आकाशाद् वायुः, वायोरग्निः, अग्नेरापः, अद्भ्यः पृथिवी' (तैत्ति० ३ । १) इति पञ्चभूतानि श्रौतानि।

है। अतः प्रस्तुत लेखमें इसी विषयका दिग्दर्शन कराया जाता है।

गीतोपनिषद्में आत्माको 'ज्योति' कहा गया है—**'ज्योतिषामपि तज्ज्योतिः'** (गीता १३। १७)। 'ज्योति'शब्दका अर्थ है—अवभासक, प्रकाशक अथवा चैतन्य। आत्मा सर्वत्र विद्यमान होनेपर भी मन तथा बुद्धिके द्वारा गम्य नहीं है। उसे 'अस्ति' या 'नास्ति' भावसे बुद्धिका विषय नहीं बनाया जा सकता। वह अप्रमेय है, बुद्धि उसे माप नहीं सकती। लौकिक बुद्धिसे आत्माका रहना और न रहना—दोनों समान जान पड़ते हैं; क्योंकि बुद्धिकी पहुँच वहाँतक है ही नहीं। आत्मा सबका आश्रय है; किंतु वह आश्रय-आश्रित-सम्बन्धसे लिप्त नहीं है। उसका आश्रय-भाव भी कल्पित ही है। आत्मा एक सर्वविलक्षण वस्तु है। भेद-अभेद, विभक्त-अविभक्त किसी भी लक्षणद्वारा उसे यथार्थतः व्यक्त नहीं किया जा सकता। श्रीगुरुके मुखसे आत्मतत्त्वका इस प्रकार प्रतिपादन सुनकर शिष्य चकित हो उठता है और पूछता है—'भगवन्! यदि सर्वत्र विद्यमान होनेपर भी आत्माकी उपलब्धि सम्भव नहीं है, तब तो वह परमाणु आदिकी भाँति जडरूप ही हो जायगा?' इस शङ्काका समाधान करते हुए श्रीगुरुदेव कहते हैं—

ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमसः परमुच्यते।
ज्ञानं ज्ञेयं ज्ञानगम्यं हृदि सर्वस्य विष्ठितम्॥
(गीता १३। १७)

बुद्धि अथवा इन्द्रियोंद्वारा उपलब्ध न होनेसे ही आत्माको 'जड' नहीं कहा जा सकता; क्योंकि वह उन बुद्धि आदिकी पहुँचसे परे है। इन्द्रियोंद्वारा जिन रूप आदि विषयोंका ग्रहण होता है, उन सबसे रहित होनेके कारण ही आत्माकी उनके द्वारा उपलब्धि नहीं होती। अतः उसका इन्द्रियाग्राह्यत्व उचित ही है। 'तत्' वह ज्ञेय ब्रह्म **'ज्योतिषामपि ज्योतिः'** प्रकाशकोंको भी प्रकाश देनेवाला है। सूर्य आदि बाह्य ज्योति हैं और बुद्धि आदि आन्तरिक ज्योति हैं—इन सबका वह प्रकाशक है। चैतन्य-ज्योति ही जड-ज्योतिकी प्रकाशिका है—चैतन्यसे ही जडका प्रकाश होता है। यदि ऐसा न हो तो जड निःसाक्षिक होकर अप्रकाशित ही रह जाय।

'येन सूर्यस्तपति तेजसेद्धः' 'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति'

—इत्यादि श्रुतियोंसे तथा—

यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम्।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम्॥
(गीता १५। १२)

—इत्यादि भगवद्वाक्योंसे भी यही बात सिद्ध होती है। यदि कहें, आत्मा स्वरूपतः चैतन्य होते हुए भी जडसे संसर्ग-युक्त तो है ही; तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि वह **'तमसः परम्'** है—अविद्याकल्पित जडवर्गसे परे है। जड अविद्याका कार्य होनेसे असत् है और आत्मा नित्य सत् है; अतः उससे उसका संसर्ग नहीं है। तात्त्विक दृष्टिसे सत् और असत्का सम्बन्ध हो ही नहीं सकता। सम्बन्धकी प्रतीति भी अज्ञानके ही कारण होती है। **'उच्यते'**—यह बात श्रुतियों और स्मृतियोंद्वारा वर्णित है। यथा—

'अक्षरात् परतः परः' (मुण्डक० २। १। २)

निःसङ्गस्य ससङ्गेन कूटस्थस्य विकारिणा।
आत्मनोऽनात्मना योगो वास्तवो नोपपद्यते॥*

'आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्' (श्वेताश्वतरोपनिषद् ३। ८)

अर्थात् आत्मा आदित्यवर्ण और तमसे परे है। यहाँ 'आदित्यवर्ण'का अर्थ है—आदित्य (सूर्य) जिस प्रकार अपने प्रकाशके लिये अन्य किसीकी भी अपेक्षा नहीं करता, उसी प्रकार ब्रह्म भी अपने प्रकाशके लिये किसीकी अपेक्षा नहीं रखता अर्थात् वह सर्वप्रकाशक तथा स्वयंप्रकाश है। वह आत्मा **'स्वयंज्योतिः'** अर्थात् जड़वर्गके साथ असंस्पृष्ट होनेसे **'ज्ञानम्'**—ज्ञानस्वरूप है। तात्पर्य यह कि प्रमाणजन्य जो चित्तवृत्ति है अर्थात् वेदान्त-श्रवणादि-रूप शब्द-प्रमाणसे जो चित्तवृत्ति विशेष उत्पन्न होती है, उस अविद्या-कालुष्यरहित चित्तवृत्तिमें जो संवित् (चेतना या ज्ञान) अभिव्यक्त होती है वह आत्मा (ब्रह्म) की ही एक झलक है; वह आत्मा संवित्-स्वरूप है और इसीलिये वह चेतन ही **'ज्ञेयम्'**—ज्ञेय है; क्योंकि वही अविद्यासे आवृत रहनेके कारण अज्ञात है। जड़ वस्तुकी अज्ञातता न रहनेसे वह ज्ञेय नहीं कही जा सकती।†

* असङ्ग एवं निर्विकार आत्माका आसक्तियुक्त विकारी अनात्माके साथ वास्तविक सम्बन्ध होना सम्भव नहीं है।

† अभिप्राय यह कि आवृत वस्तु ही अज्ञात होती है, ज्ञानके द्वारा आवरणभङ्गमात्र होता है। जड वस्तुका आवरण नहीं स्वीकार किया गया है; क्योंकि वह इन्द्रियग्राह्य है। अनावृत होनेसे वह अज्ञात नहीं है, अतएव ज्ञेय भी नहीं है; क्योंकि अज्ञात ही ज्ञातव्य होता है, जो ज्ञात है, वह ज्ञातव्य नहीं।

अब प्रश्न होता है, यदि वह ज्ञानके योग्य है तो सभी लोग उसे क्यों नहीं जान सकते ? इसके उत्तरमें कहते हैं—**'ज्ञानगम्यम्'**—वह ज्ञानगम्य है अर्थात् **'अमानित्व'**से लेकर **'तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम्'** (गीता १३ । ७—११) पर्यन्त जिस साधन-कलापको ज्ञानका हेतु कहा है, ज्ञानशब्दवाच्य उन साधन-समूहोंसे ही आत्मा गम्य (प्राप्य) है, अन्यथा उसे नहीं प्राप्त किया जा सकता। फिर प्रश्न होता है कि यदि आत्मा साधनोंसे ही गम्य होता है तो क्या वह किसी दूर स्थानमें मिलेगा ? इसका उत्तर है—नहीं **'हृदि सर्वस्य विष्ठितम्'**—वह सबके हृदयमें अर्थात् निखिल प्राणियोंकी बुद्धिरूप हृदय-गुहामें ही स्थित है। सूर्यके प्रकाशके सर्वत्र सामान्यभावसे रहनेपर भी जैसे वह दर्पण किंवा सूर्यकान्तमणि आदिमें विशेष रूपसे अभिव्यक्त होता है, उसी प्रकार वह आत्मा भी सर्वत्र सामान्यभावसे रहनेपर भी उस हृदयकन्दरारूप बुद्धि-गुहामें विशेष रूपसे प्रकाशित होता है। वह वस्तुतः व्यवधानरहित है, परन्तु भ्रान्ति (अविद्या)के कारण व्यवहित प्रतीत होता है तथा सब प्रकारके भ्रमका कारण जो अज्ञान है, उसकी निवृत्ति होनेपर प्राप्त हुआ-सा ज्ञात होता है। ज्ञानक्रियाका कर्म, जो ज्ञेय वस्तुका जानना है, उस प्रकार ज्ञानके फलरूपसे ज्ञेय न होनेपर भी वह आत्मा सबके हृदयमें अधिष्ठित है तथा स्वयं साक्षात् ज्ञानस्वरूप है। अमानित्वादि साधनोंसे प्रतिबन्ध दूर होकर इसका प्रकाश्य होनेके कारण इसे 'ज्ञेय' कहा गया है। आत्मा स्वप्रकाशस्वरूप स्वयंसिद्ध है, अतएव वह आवरण-भङ्गरूप वृत्तिव्याप्तिका ही विषय है; उसमें फल-व्याप्ति कैसे हो सकती है ?

स्वप्रकाशस्वरूपत्वात् सिद्धत्वाच्च चिदात्मनः।
वृत्तिव्याप्यत्वमेवास्तु फलव्याप्तिः कथं भवेत्॥

(सदाचारा० ५)

अर्थात् उसमें फल-व्याप्ति नहीं हो सकती। अस्तु, जाग्रदादि सभी अवस्थाओंमें एक अद्वितीय निर्मल ज्ञान (सत्ता) ही सदा भास रहा है; परंतु उस सर्वव्यापक निरवधिक, केवल शुद्ध विज्ञानघनस्वरूपको मन्द भाग्यवाले नहीं जान सकते—

ज्ञानमेकं सदा भाति सर्वावस्थासु निर्मलम्।
मन्दभाग्या न जानन्ति स्वरूपं केवलं बृहत्॥

(सदाचारानुसन्धानम् ३१)

जो संकल्पका साक्षी ज्ञानस्वरूप है, जो सब चराचर प्राणियोंका जीवनरूप है 'चेतनश्चेतनानाम्' है, वही आत्मा है और वही 'मैं हूँ' इस प्रकार जो जानता है और अनुभव करता है, वह मुक्त और कृतकृत्य है—इसमें कुछ भी संशय नहीं। प्रमाता (अन्तःकरणविशिष्ट जीवात्मा), प्रमाण (प्रत्यक्षादि), प्रमेय (घट-पट आदि) तथा (वृत्तिज्ञान) प्रमा जिस चैतन्य-प्रकाशसे प्रतीत होते हैं, उस चैतन्य-ज्ञानके लिये कौन प्रमाण चाहिये अर्थात् वह चैतन्य वस्तु स्वतः-सिद्ध स्वयंप्रकाश है, प्रमाणान्तरसे उसका ज्ञान नहीं हो सकता। क्योंकि वही तो प्रमाणोंका भी प्रमाण है अर्थात् प्रमाण भी उस चैतन्यसे ही प्रकाशित होकर प्रमाणित होते हैं।

इसी आत्माको—

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च॥

(श्वेताश्वतर० ६ । ११)

'समस्त प्राणियोंमें एक ही देव स्थित है। वह सर्वव्यापक, समस्त भूतोंका अन्तरात्मा, कर्मोंका अधिष्ठाता, समस्त प्राणियोंमें बसा हुआ, सबका साक्षी, सबको चेतनत्व प्रदान करनेवाला, शुद्ध और निर्गुण है।' इस श्रुतिमें 'साक्षी' कहा गया है। श्रीगीताजीमें भी **'उपद्रष्टानुमन्ता च'** (१३ । २२) कहा गया है अर्थात् देह, चक्षु, मन और बुद्धिरूप दृश्य-पदार्थोंमें रहकर भी उन देह, चक्षु, मन और बुद्धि आदिके समस्त व्यापारोंको एवं दृश्योंको अविक्रियरूपसे वह देखता है। इसलिये 'उपद्रष्टा' है और उन देह, इन्द्रिय प्रभृतिको अपने-अपने व्यापारमें अपनी-अपनी इच्छानुसार प्रवृत्त होनेपर उन्हें रोकता भी नहीं—वह केवल साक्षीरूपसे सब कुछ देखता है—अतः आत्मा स्वभावसे ही साक्षी एवं द्रष्टा है। इसलिये द्रष्टाभाव आत्माका स्वरूप है। इसकी गाढ़ अवस्थामें सविकल्प समाधि लगती है। अतः सब कालमें विराजमान सच्चिदानन्द-घन निर्गुण निर्विकार निराकार आत्माका द्रष्टाभाव रखना ब्रह्माभ्यास ही है तथा यह उच्चकोटिकी साधना है।

चित्तगत काम, संकल्प प्रभृति वृत्तियाँ दृश्य हैं, आत्म-चैतन्य उनका द्रष्टा है, इस भावसे आत्मचैतन्यका ध्यान करना चाहिये अर्थात् उन काम-संकल्पादि वृत्तियोंमेंसे प्रत्येक वृत्तिको द्रष्टाका दृश्यरूप जानकर तथा जो चैतन्य उन वृत्तियोंका साक्षी हुआ है, उस द्रष्टा साक्षीको ही अपना यथार्थ स्वरूप जानना चाहिये। मैं असङ्ग, सच्चिदानन्द स्वयंप्रकाश हूँ तथा सब प्रकारके काम-संकल्पादि द्वैतसे वर्जित हूँ; स्वगत, सजातीय तथा विजातीय भेदसे शून्य अन्तरात्मस्वरूप साक्षी

हूँ—इस प्रकारका भाव सदा जागरित रखना चाहिये और मैं अन्तरात्मस्वरूप चैतन्य-मात्र, द्रष्टा, साक्षी हूँ—इस चिन्तन-धाराको ऐसे प्रवाहित करना चाहिये कि तार न टूटने पावे। इस प्रकारका अभ्यास सहज होनेपर स्वरूपभूत ज्ञानानन्दका आविर्भाव होकर आत्मस्थितिपूर्वक जीव कृतकृत्य हो जाता है।

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः॥
(श्वेताश्वतर० ६। २३)

'जिसकी परमेश्वरमें अत्यन्त भक्ति है और जैसी परमात्मामें है वैसी ही श्रीगुरुदेवमें भी है, उसीके अन्तःकरणमें इन तत्त्वोंका प्रकाश होता है।'

निवेदन और क्षमा-प्रार्थना

मनुष्य-जीवनका चरम और परम उद्देश्य है—अखण्ड पूर्ण आनन्द तथा सनातन शान्तिरूप भगवान्‌को प्राप्त करना। जीवनके अन्य सारे कार्य इसी एकमात्र चरम लक्ष्यकी सिद्धिके लिये किये जाने चाहिये। हमारे उपनिषद् इसी परम लक्ष्यके स्वरूप तथा उसकी प्राप्तिके विविध अनुभवपूर्ण साधनोंका उपदेश करते हैं। हम भारतीय आज इस अपने घरके दिव्य परमोज्ज्वल प्रकाशको छोड़कर अज्ञानान्धकारके नाशके लिये दूसरोंकी टिमटिमाती चिराग़पर मुग्ध हुए जा रहे हैं! हमारा यह मोह दूर हो। हम उपनिषदोंका किसी अंशमें यत्किञ्चित् परिचय प्राप्त कर सकें, इसी उद्देश्यसे 'उपनिषद्-अङ्क'के प्रकाशनका हमारा यह क्षुद्र प्रयास है।

उपनिषदें ज्ञानकी खानें हैं। जीवनकी सभी दिशाओंमें प्रकाश देनेवाली अखण्ड परम ज्योति हैं। परमात्माके पुनीत मार्गकी पथप्रदर्शिका हैं और परमात्मा परमेश्वरके विभिन्न रूपोंके निर्भ्रान्त और समन्वयात्मक स्वरूपका साक्षात्कार करानेवाली हैं। उपनिषदोंकी महिमा इसलिये नहीं है कि दाराशिकोहने इनसे प्रकाश प्राप्त किया या शोपेनहर, मैक्समूलर एवं अन्यान्य पाश्चात्य विद्वानोंने इनकी प्रशंसा की है। यह उनका सौभाग्य है, जो उन्हें उपनिषदोंका कुछ आभास प्राप्त हुआ। वे उपनिषदोंको न जान पाते, जानकर भी प्रशंसा न करते या कोई इन्हें व्यर्थ बताकर निन्दा भी करता तो इससे उपनिषदोंका महत्त्व तो अक्षुण्ण ही रहता। क्योंकि उनकी महिमाका आधार उनका निर्मल मङ्गलमय-प्रकाशमय स्वरूप ही है।

आजकल काल-निर्णयकी पद्धति चली है, और पाश्चात्य विद्वानोंके मतोंका अनुकरण करके भारतीय विद्वान् भी उसी पद्धतिके अनुसार चल रहे हैं। इसीसे उपनिषदोंका निर्माण-काल ईसासे सात-आठ सौ वर्ष पूर्व बतलाते हैं। पर उन्हें यह समझना चाहिये कि ब्रह्मसूत्रमें उपनिषदोंकी व्याख्या है और ब्रह्मसूत्रका श्रीमद्भगवद्गीतामें उल्लेख है, इससे यह सिद्ध है कि भगवद्गीतासे पूर्व उपनिषदोंका अस्तित्व था। श्रीमद्भगवद्गीताका प्रादुर्भाव ईसासे ३१०० वर्ष पूर्व महाभारत-युद्धमें हुआ था—यह प्रायः निर्णीत हो चुका है। ऐसी अवस्थामें दूसरोंके अन्धेरेमें काल टटोलनेकी यह पद्धति कहाँतक समीचीन है, इसपर विद्वान् सज्जन विचार करें। वस्तुतः उपनिषदोंकी महत्ता कालपर नहीं है, वह तो उनकी महान् ज्ञानराशिको लेकर है, जो वेदोंके सारके रूपमें ऋषियों-द्वारा श्रुत और संगृहीत है एवं जो नित्य, सत्य और सनातन है।

उपनिषदोंमें तत्त्वज्ञान या ज्ञानके परम साध्य तत्त्वके स्वरूपका साक्षात्कार ही नहीं है, वहाँतक पहुँचनेके विभिन्न रुचिके अधिकारियोंके अनुकूल विविध साधनोंका भी वर्णन है, और साथ ही मनुष्यको ऊँचे उठानेवाले उस सदाचारका भी महत्त्वपूर्ण उल्लेख है, जिसे जानकर प्रत्येक मनुष्य अपनेको ऊँचा उठानेका प्रयत्न कर सकता है। यह भारतीयोंकी परम निधि है और किसी दिन इन्हींके प्रकाशसे विश्वमें यथार्थ सुख-शान्तिका प्रसार होगा।

उपनिषद् सैकड़ों हैं। उनमें बारह प्रधान मानी जाती हैं। इन बारहमेंसे—ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय और श्वेताश्वतर इन नौ उपनिषदोंको तो मूल, पदच्छेद, अन्वय तथा व्याख्यासहित प्रकाशित किया जा रहा है। समय-संकोचसे शेष तीन—छान्दोग्य, बृहदारण्यक और कौषीतकि-ब्राह्मणपर व्याख्या नहीं लिखी जा सकी।

अतएव उन तीनोंका तथा बयालीस अन्य उपनिषदोंका केवल हिंदी-भाषान्तर दिया गया है। यों इस अङ्कमें कुल ५४ उपनिषदें आ गयी हैं। **नौ उपनिषदोंकी जो पदच्छेद-अन्वयसहित व्याख्या प्रकाशित हुई है, वह 'कल्याण' पाठकोंके सुपरिचित गीताशाङ्करभाष्य और गीता-रामानुजभाष्यके अनुवादक भाई श्रीहरिकृष्णदासजी गोयन्दकाकी उनके अपने दृष्टिकोणसे लिखी हुई है और उसमें प्रकाशित मतके लिये वे ही उत्तरदाता हैं।** शेष उपनिषदोंमें, कुछ स्थलोंको टिप्पणियाँ आदि देकर स्पष्ट करनेके अतिरिक्त प्रायः सभीका अक्षरानुवाद देनेका प्रयत्न किया गया है। विषय गहन है, हमलोगोंका ज्ञान सीमित और अल्प है तथा समय भी कम था, इसलिये यह निश्चित है कि यथासाध्य बहुत सावधानी बर्तनेपर भी अनुवादमें तथा छपाईमें भूलें रही हैं। इसलिये हम अपने कृपालु पाठकोंसे क्षमा चाहते हैं। उपनिषदोंके अतिरिक्त इस अङ्कमें उपनिषदोंपर कुछ प्रबन्ध भी प्रकाशित किये गये हैं। निबन्धलेखक परमादरणीय आचार्यों एवं विद्वानोंने अपने-अपने दृष्टिकोणसे विचार प्रकट किये हैं। उनमें भी विभिन्न मत हैं और उनके लिये वे लेखक महानुभाव ही उत्तरदाता हैं।

यह सत्य है कि गतवर्षके 'नारी-अङ्क' के सदृश 'उपनिषद्-अङ्क' की सामग्री 'कल्याण' के सभी पाठकोंके लिये सरलतासे समझने योग्य नहीं है। तथापि यह एक ऐसी महान् और परम आवश्यक वस्तु है कि जिसपर प्रत्येक भारतीयको गर्व है और जो प्रत्येक भारतीयके घरमें परम प्रिय तथा अत्यन्त समादरणीय अमूल्य रत्नकी भाँति सुरक्षित रहनी चाहिये। इससे अपनी-अपनी योग्यता, रुचि और अधिकारके अनुसार जो लोग जितना भी प्रकाश प्राप्त कर सकेंगे, उनके लिये वह उतना ही परम कल्याणकारी होगा। इस हेतुसे, विश्वास है कि सभी श्रेणीके पाठक इस अङ्कका हृदयसे विशेष सत्कार तथा स्वागत करेंगे। और जिस उत्सुकताके साथ तथा जिस बड़ी संख्यामें पुराने तथा नये ग्राहकोंके पत्र इस अङ्कको प्राप्त करनेके लिये आ रहे हैं, उसे देखनेसे हमारा विश्वास सर्वथा सफल प्रतीत होता है।

उपनिषदोंका भाषान्तर तथा इस अङ्कका सम्पादन करनेमें सम्पादक-मण्डलके सदस्योंने तो न्यूनाधिकरूपसे पर्याप्त परिश्रम किया ही है, भाई श्रीहरिकृष्णदासजीने नौ उपनिषदोंपर व्याख्या लिखकर, अन्यान्य कतिपय हमारे पूज्य महानुभावोंने संशोधन आदिमें पूरा सहयोग देकर तथा विद्वान् लेखकोंने लेख भेजकर जो सहायता की है, उसके लिये हम उन सभीके हृदयसे कृतज्ञ हैं। इस अङ्कमें जो कुछ अच्छापन है, उसका श्रेय तो वस्तुतः उपनिषदोंको ही है और है उन महानुभावोंको, जिन्होंने अपना समय और मस्तिष्क लगाकर सहायता की है और लेख भेजे हैं। और भ्रम, प्रमाद, अज्ञान तथा असावधानीसे जो दोष रह गये हैं, वे सब निश्चय ही हमारे हैं। विज्ञ पाठकगण हमारे इस प्रयासको बाल-प्रयास समझकर प्रसन्न ही होंगे, ऐसी आशा है। हमारा तो यही सौभाग्य है कि इस अङ्कके सम्पादनका अनिच्छित भार आ पड़नेसे जीवनका कुछ समय महान् ज्ञानार्णवमें गोते लगानेके प्रयासमें बीता, यद्यपि यह निर्विवाद सत्य है कि हमलोग, अपनी अयोग्यतावश गहरे गोते लगानेमें असमर्थ ही रहे। पर यह जो कुछ हुआ, सब केवल भगवत्कृपा और संत-कृपाका ही प्रसाद है। हमारा यह अनुभव है कि हमपर भगवान्‌की तो असीम और अपार कृपा है, परन्तु हमारी असीम अयोग्यता और नीचता भी कम नहीं है। परन्तु विश्वास यही है कि भगवत्कृपामें इतनी अपरिमित शक्ति है कि उसके सामने हमारी अयोग्यता और नीचता परास्त होकर ही रहेगी।

हनुमानप्रसाद पोद्दार
चिम्मनलाल गोस्वामी } सम्पादक



कल्याणके नियम

उद्देश्य—भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, धर्म और सदाचार-समन्वित लेखोंद्वारा जनताको कल्याणके पथपर पहुँचानेका प्रयत्न करना इसका उद्देश्य है।

नियम

(१) भगवद्भक्ति, भक्तचरित, ज्ञान, वैराग्यादि ईश्वर-परक, कल्याणमार्गमें सहायक, अध्यात्मविषयक, व्यक्तिगत आक्षेपरहित लेखोंके अतिरिक्त अन्य विषयोंके लेख भेजनेका कोई सज्जन कष्ट न करें। लेखोंको घटाने-बढ़ाने और छापने अथवा न छापनेका अधिकार सम्पादकको है। अमुद्रित लेख बिना माँगे लौटाये नहीं जाते। लेखोंमें प्रकाशित मतके लिये सम्पादक उत्तरदाता नहीं हैं।

(२) इसका डाकव्यय और विशेषाङ्कसहित अग्रिम वार्षिक मूल्य भारतवर्षमें ६≡) और भारतवर्षसे बाहरके लिये ८॥=) (१३ शिलिंग) नियत है। बिना अग्रिम मूल्य प्राप्त हुए पत्र प्रायः नहीं भेजा जाता।

(३) 'कल्याण'का नया वर्ष जनवरीसे आरम्भ होकर दिसम्बरमें समाप्त होता है, अतः ग्राहक जनवरीसे ही बनाये जाते हैं। वर्षके किसी भी महीनेमें ग्राहक बनाये जा सकते हैं, किन्तु जनवरीके अङ्कके बाद निकले हुए तब-तकके सब अङ्क उन्हें लेने होंगे। 'कल्याण'के बीचके किसी अङ्कसे ग्राहक नहीं बनाये जाते; छः या तीन महीनेके लिये भी ग्राहक नहीं बनाये जाते।

(४) इसमें व्यवसायियोंके विज्ञापन किसी भी दरमें प्रकाशित नहीं किये जाते।

(५) कार्यालयसे 'कल्याण' दो-तीन बार जाँच करके प्रत्येक ग्राहकके नामसे भेजा जाता है। यदि किसी मासका अङ्क समयपर न पहुँचे तो अपने डाकघरसे लिखा-पढ़ी करनी चाहिये। वहाँसे जो उत्तर मिले, वह हमें भेज देना चाहिये। डाकघरका जवाब शिकायती पत्रके साथ न आनेसे दूसरी प्रति बिना मूल्य मिलनेमें अड़चन हो सकती है।

(६) पता बदलनेकी सूचना कम-से-कम १५ दिन पहले कार्यालयमें पहुँच जानी चाहिये। लिखते समय ग्राहक-संख्या, पुराना और नया नाम, पता साफ-साफ लिखना चाहिये। महीने-दो-महीनोंके लिये बदलवाना हो, तो अपने पोस्टमास्टरको ही लिखकर प्रबन्ध कर लेना चाहिये। पता-बदलनेकी सूचना न मिलनेपर अङ्क पुराने पतेसे चले जानेकी अवस्थामें दूसरी प्रति बिना मूल्य न भेजी जा सकेगी।

(७) जनवरीसे बननेवाले ग्राहकोंको रंग-बिरंगे चित्रोंवाला जनवरीका अङ्क (चालू वर्षका विशेषाङ्क) दिया जायगा। विशेषाङ्क जनवरीका ही तथा वर्षका पहला अङ्क होगा। फिर दिसम्बर तक महीने-महीने नये अङ्क मिला करेंगे।

(८) छः आना एक साधारण संख्याका मूल्य मिलनेपर नमूना भेजा जाता है; ग्राहक बननेपर वह अङ्क न लें तो ।=) बाद दिया जा सकता है।

आवश्यक सूचनाएँ

(९) 'कल्याण'में किसी प्रकारका कमीशन या 'कल्याण'की किसीको एजेन्सी देनेका नियम नहीं है।

(१०) पुराने अङ्क, फाइलें तथा विशेषाङ्क कम या रियायती मूल्यमें नहीं दिये जाते।

(११) ग्राहकोंको अपना नाम-पता स्पष्ट लिखनेके साथ-साथ ग्राहक-संख्या अवश्य लिखनी चाहिये। पत्रमें आवश्यकताका उल्लेख सर्वप्रथम करना चाहिये।

(१२) पत्रके उत्तरके लिये जवाबी कार्ड या टिकट भेजना आवश्यक है। एक बातके लिये दुबारा पत्र देना हो तो उसमें पिछले पत्रकी तिथि तथा विषय भी देना चाहिये।

(१३) ग्राहकोंको चंदा मनीआर्डरद्वारा भेजना चाहिये। वी० पी० से अङ्क बहुत देरसे जा पाते हैं।

(१४) प्रेस-विभाग और कल्याण-विभागको अलग-अलग समझकर अलग-अलग पत्र-व्यवहार करना और रुपया आदि भेजना चाहिये। 'कल्याण'के साथ पुस्तकें और चित्र नहीं भेजे जा सकते। प्रेससे १) से कमकी वी० पी० प्रायः नहीं भेजी जाती।

(१५) चालू वर्षके विशेषाङ्कके बदले पिछले वर्षोंके विशेषाङ्क नहीं दिये जाते।

(१६) मनीआर्डरके कूपनपर रुपयोंकी तादाद, रुपये भेजनेका मतलब, ग्राहक-नंबर (नये ग्राहक हों तो 'नया' लिखें), पूरा पता आदि सब बातें साफ-साफ लिखनी चाहिये।

(१७) प्रबन्ध-सम्बन्धी पत्र, ग्राहक होनेकी सूचना, मनीआर्डर आदि व्यवस्थापक "कल्याण" गोरखपुरके नामसे और सम्पादकसे सम्बन्ध रखनेवाले पत्रादि सम्पादक "कल्याण" गोरखपुरके नामसे भेजने चाहिये।

(१८) स्वयं आकर ले जाने या एक साथ एकसे अधिक अङ्क रजिस्ट्रीसे या रेलसे मँगानेवालोंसे चंदा कम नहीं लिया जाता।

Regd. No. A. 175.

श्रीहरिः

भगवान् ही सब कुछ हैं

स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट् ।
स एव विष्णुः स प्राणः स कालोऽग्निः स चन्द्रमाः ॥
स एव सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यं सनातनम् ।
ज्ञात्वा तं मृत्युमत्येति नान्यः पन्था विमुक्तये ॥
सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
सम्पश्यन् ब्रह्म परमं याति नान्येन हेतुना ॥

(कैवल्योपनिषद् ८—१०)

वे (परात्पर परब्रह्म परमेश्वर ही) चतुर्मुख ब्रह्मा हैं, वे ही पञ्चमुख शिव हैं, वे ही देवराज इन्द्र हैं, वे ही अक्षर परमात्मा हैं, वे ही चतुर्भुज विष्णु हैं, वे प्राण हैं, वे काल हैं, वे अग्नि हैं, वे चन्द्रमा हैं। जो कुछ हो चुका और जो कुछ आगे होनेवाला है, सब वे ही हैं। उन सनातन भगवान्‌को जानकर जीव मृत्युके परे चला जाता है। इसके अतिरिक्त मुक्तिका अन्य कोई उपाय नहीं है। जो इन परमात्माको सब चराचर भूत-प्राणियोंमें देखता है और सब भूतप्राणियोंको परमात्मामें देखता है अर्थात् सब प्रकारसे एक भगवान्‌को ही सदा सर्वत्र देखता है, वह उन पर-ब्रह्मको प्राप्त करता है। दूसरे किसी उपायसे उनकी प्राप्ति नहीं होती।

M. Vaishnava
22-2-49
वर्ष २३
अङ्क २

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे । हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥
जयति शिवा-शिव जानकि-राम । जय रघुनन्दन जय सियाराम ॥
रघुपति राघव राजा राम । पतितपावन सीताराम ॥
जय जय दुर्गा जय मा तारा । जय गणेश जय शुभ-आगारा ॥

विषय-सूची

कल्याण, सौर फाल्गुन, फरवरी सन् १९४९ की

विषय			पृष्ठ-संख्या
१–सेवाके आदर्श [कविता]	...	...	७७७
२–कल्याण ('शिव')	...	...	७७८
३–संसारका वास्तविक स्वरूप (श्री १००८ श्रीपूज्य स्वामीजी श्रीकरपात्रीजी महाराज)			७७९
४–जीवन जलके बुद्बुदेके समान है [कविता] ('रत्नाकर')	...	...	७८०
५–दुःखनाशका अमोघ उपाय	...	...	७८१
६–दुःखसे तरनेका उपाय [कविता] (श्रीनानकजी)		...	७८४
७–श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन	...	...	७८५
८–श्रीरामानुजाचार्यका विशिष्टाद्वैतवाद (साहित्यमहोपाध्याय पं० श्रीजनार्दनजी मिश्र 'पङ्कज' साहित्यव्याकरणाचार्य, काव्यतीर्थ, बी० ए०, साहित्यरत्न, साहित्यालङ्कार)		...	७८८
९–नाथ-भागवत (श्रीवि० हर्षे एम्० ए०, साहित्यविशारद)		...	७९३
१०–दीनता (पं० श्रीमूलनारायणजी मालवीय)		...	७९९
११–वैदिक-साहित्यका परिचय (पं० श्रीरामगोविन्दजी त्रिवेदी)		...	८०२
१२–किसके द्वार जायँ [कविता] (श्रीव्यासजी)		...	८०७
१३–प्रशान्त [कहानी] (श्री 'चक्र')	...	...	८०८
१४–शान्तिकी खोज (साधुवेषमें एक पथिक)		...	८१५
१५–पक्षी [कहानी] (श्रीआत्मारामजी देवकर 'साहित्यमनीषी')		...	८१७
१६–जीवनका दार्शनिक विश्लेषण और प्राच्यदर्शनके अनुसार उसकी व्याख्या (श्रीजयनारायणजी मल्लिक, एम्० ए०, साहित्याचार्य, साहित्यालङ्कार)		...	८१८
१७–वही बचेगा [कविता] (श्रीभारतेन्दु हरिश्चन्द्रजी)		...	८२४
१८–चातक चतुर राम स्याम घनके (पं० श्रीरामकिङ्करजी उपाध्याय)		...	८२५
१९–कामके पत्र	...	...	८२९
२०–संसारमें मनुष्यका वास्तविक शत्रु (डा० महम्मद हाफिज सैयद, एम्० ए०, पी-एच्०डी०, डी० लिट्)			८३७
२१–अपूर्व आत्मसमर्पण (श्रीयुत एस० एम० बोरा)		...	८३९

चित्र-सूची

तिरंगा

१–सेवाके आदर्श श्रीसीताजी और श्रीलक्ष्मणजी	...	... ७७७

वार्षिक मूल्य
भारतमें ६≡)
विदेशमें ८॥=)
(१२ शिलिङ्ग)

जय पावक रवि चन्द्र जयति जय । सत् चित् आनँद भूमा जय जय ॥
जय जय विश्वरूप हरि जय । जय हर अखिलात्मन् जय जय ॥
जय विराट जय जगत्पते । गौरीपति जय रमापते ॥

साधारण प्रति
भारतमें ।=)
विदेशमें ॥–)
(१० पेंस)

सम्पादक—हनुमानप्रसाद पोद्दार, चिम्मनलाल गोस्वामी, एम्० ए०, शास्त्री
मुद्रक-प्रकाशक—घनश्यामदास जालान, गीताप्रेस, गोरखपुर

सेवाके आदर्श श्रीसीताजी और श्रीलक्ष्मणजी

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।

वेणुवादनशीलाय गोपालायाहिमर्दिने । कालिन्दीकूललीलाय लोलकुण्डलधारिणे ॥
वल्गुवीनयनाम्भोजमालिने नृत्यशालिने । नमः प्रणतपालाय श्रीकृष्णाय नमो नमः ॥

वर्ष २३ | गोरखपुर, सौर फाल्गुन २००५, फरवरी १९४९ | संख्या २ पूर्ण संख्या २६७

सेवाके आदर्श

बसे रघुनंदन कानन जाय ।
जनकलली लछिमन दोउ सेवत संतत सहज सुभाय ॥
प्रमुदित-मन पदकमल पलोटति सीय सहित अनुराग ।
निरखति नित निरुपम छबि माधुरि भरि नयनन्हि, बड़भाग ॥
सूर संत सौमित्रि अन्न-निद्रा-तियदर्शन त्याग ।
सदा सचेत धनुष कर धारे रहे रैन-दिन जाग ॥
अतुलित मूर्तिमंत सेवा जनु शोभित उभय शरीर ।
सर्वभाव सर्बस करि अर्पन भजत सदा रघुबीर ॥

याद रक्खो—श्रीभगवान्‌के आश्रय बिना सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्यादि सद्गुण वैसे ही नहीं ठहर सकते, जैसे बिना प्राणोंके शरीरकी इन्द्रियाँ। भगवान्‌का आश्रय न होनेपर सद्गुणोंसे मनुष्यके मनमें वह अभिमान उत्पन्न होता है, जो समस्त सद्गुणोंका नाशक और दुर्गुणोंका जनक है और तुरंत ही अपने परिवारको फैलाकर सद्गुणोंको हृदयसे निकाल देता है।

याद रक्खो—अभिमान मनुष्यको अपने दोष देखनेका अवसर ही नहीं आने देता, वह निरन्तर उसे अंधा बनाये रखता है, जिससे मनुष्य अपनी तनिक-सी भी सच्ची समालोचना, जो उसके लिये परम हितकर होती है, नहीं सह सकता; एवं इसलिये सहज ही दोषोंका घर बन जाता है।

याद रक्खो—जो मनुष्य अभिमानके वशमें होकर केवल जगत्-सम्मानके लिये लालायित हो उठता है, उसमें एक ऐसी दुर्बलता आ जाती है जो उसके हृदयमें एक विषाक्त क्षत कर देती है। फिर वह सम्मानके लोभसे अपने अपराध, पाप, दोष, स्वार्थपरता, कृतघ्नता, नीचाशयता, परस्वापहरणला, परसुखकातरता आदि जघन्य वृत्तियोंको छिपाकर अपनेको सत्पुरुष प्रसिद्ध करनेके लिये न मालूम कितनी नयी-नयी झूठ बोलता है, कितने सुन्दर स्वाँग बनाता है और कितने उपदेश करता है, इससे उसको परिणाममें सम्मान तो मिलता ही नहीं; प्रत्युत उसके भीतरका घाव बढ़ता ही जाता है एवं अन्तमें ऐसी स्थिति हो जाती है कि एक दिन उसकी भीषण यन्त्रणासे छटपटाकर उसे आर्त पुकार करनी पड़ती है, परंतु फिर उसकी रक्षाका कोई सहज साधन नहीं रह जाता।

याद रक्खो—जो अपने अपराधोंको छिपाता है और दूसरोंपर सहस्रों नये-नये दोष मढ़नेका प्रयत्न करता है—वह बड़ा ही अभागा है। उसमें कभी सद्गुण आ ही नहीं सकते। सद्गुणोंको लाना और उन्हें स्थायीरूपसे अपने अंदर बसाना हो तो समस्त सद्गुणोंके समुद्र भगवान्‌को हृदयमें बसा लो।

याद रक्खो—भगवान्‌के हृदयमें आते ही समस्त दुर्गुण वैसे ही नष्ट हो जायँगे, जैसे सूर्यका उदय होते ही अन्धकार मर जाता है। जगत्‌का यह सूर्य तो फिर छिपता भी है, परंतु भगवान् एक बार जिसके हृदयमें उदय हो जाते हैं—फिर वे कभी छिपते ही नहीं; एक बार जिसके हृदयमें आ बसते हैं, फिर वहाँसे निकालनेपर भी नहीं निकलते।

याद रक्खो—दुर्गुणोंका ही परिणाम दुःख है, जब दुर्गुण नहीं रहेंगे, तब दुःख भी नहीं रहेंगे। और सद्गुण आ जायँगे तो सद्गुणोंका स्वाभाविक परिणाम सुख भी अनायास ही आवेगा। साथ ही भगवान्‌की निवासभूमिमें सद्गुण उनके स्वभावगत होनेसे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि ये सद्गुण फिर कभी नष्ट नहीं होंगे, इसलिये सुख भी स्थायी और आत्यन्तिक होगा।

याद रक्खो—वस्तुतः सुख किसी सद्गुणमें नहीं है या सद्गुणका परिणाम भी नहीं है। यह तो भगवान्‌में स्वभावगत वैसे ही है, जैसे सूर्यमें स्वभावतः ही प्रकाश और उष्णता होती है और उनसे अन्धकार एवं सर्दीका स्वाभाविक नाश होकर विलक्षण दृष्टिशक्ति और स्फूर्ति प्राप्त होती है। भगवान्‌से रहित जो सद्गुण हैं, वे वस्तुतः सद्गुण ही नहीं हैं। वे तो वैसे ही नकली गुण हैं जैसे मिट्टीपर रंग चढ़ाये हुए नकली आम, अमरूद, संतरे, सेब आदि खिलौने होते हैं। जो ऊपरसे फल-से दीखते हैं परंतु वे हैं केवल मिट्टी-ही-मिट्टी। इसी प्रकार भगवान्‌से रहित सद्गुण केवल

कल्पनामात्र होते हैं। इस बातको समझो और समझकर निरन्तर अपने हृदयमें भगवान्‌को बसानेका प्रयत्न करो।

याद रक्खो—भगवान् तो सभीके हृदयमें हैं; परंतु तुम इस बातपर विश्वास नहीं करते, इसीसे नित्य निवास करनेवाले भगवान् भी वहाँ प्रकट नहीं हो पाते। और इसीसे सद्गुण टिक नहीं पाते तथा दुर्गुणोंका परिवार बढ़ता रहता है। भजनके द्वारा विश्वास प्राप्त करो और फिर विश्वासकी आँखोंसे देखो, भगवान् तुम्हारे अंदर प्रकट हो जायँगे। उनके प्रकट होते ही तुम सब प्रकारसे निहाल हो जाओगे।

'शिव'

संसारका वास्तविक स्वरूप

(श्री १००८ श्रीपूज्य स्वामीजी श्रीकरपात्रीजी महाराज)

सम्पूर्ण व्यावहारिक प्रपञ्च स्वप्नवत् है, फिर भी अबाधित चिरकालानुवृत्त होनेके कारण उसमें दृढ़ प्रत्यय होता है, अचित् बाधित होनेसे स्वप्नमें इतना दृढ़ प्रत्यय नहीं होता। कभी किसी दीर्घ स्वप्नमें अभिनिवेशाधिक्यसे जागनेपर भय-कम्पादि होता रहता है, सहसा उसकी सत्तामें अविश्वास नहीं होता। प्राणियोंके भोगारम्भक शुभाशुभ अदृष्ट भी कुछ प्रत्यय-दार्ढ्यमें हेतु हो जाते हैं। यह बात अलग है कि सब स्वप्न एक-से नहीं होते, उनकी विचित्रता स्पष्ट ही है। भ्रममें कोई भी बात असम्भव नहीं है। समुद्रमें बड़वानलके समान जलमें अग्नि, आकाशमें नगर, शिलामें पङ्कज, शिलाके भीतर सृष्टि, शिलाओंका उड़ना आदि भी सम्भव होते हैं। यन्त्रपुमान्‌के समान अचेतनका भी कर्म करना दृष्ट है। स्वप्ननिमग्नबुद्धि प्राणी स्वप्नकी स्थिरता और सत्यताका जैसे अनुभव करता है, वैसे ही सर्गनिमग्नबुद्धि प्राणी सर्गको सत्य और स्थिर देखता है। स्वप्नसे स्वप्नान्तरगमनके समान ही सर्गभ्रमण भी होता है।

इसी सम्बन्धमें 'योगवाशिष्ठ'का भिक्षूपाख्यान है। समाधिसम्पन्न भिक्षुके शुद्ध चित्तके सङ्कल्पसे लीलया एक जीवट नामक सामान्य मनुष्य उत्पन्न हुआ। वही स्वप्नमें अपने-आपको वेदपाठी ब्राह्मण देखने लगा। ब्राह्मणने भी निद्रामें पड़कर स्वप्नमें अपनेको सामन्त देखा। सामन्तने स्वप्नमें अपनेको सम्राट् देखा। सम्राट् स्वप्नमें अप्सरा हो गये। अप्सरा भी स्वप्नमें मृगी बन गयी। मृगी स्वप्नमें लता बन गयी। लता कटकर भ्रमर बन गयी और पद्मिनीमें आसक्त होकर मदान्ध गजद्वारा कमलिनीके साथ ही वह भी नष्ट होकर मदान्ध गज बन गया। गज भी मरकर भ्रमरोंको देखता-देखता भ्रमर हो गया और फिर गजपादसे चूर्णित हो गया। हंसकी भावनासे वही हंस हो गया। हंस मरकर सारस हो गया, सारसने रुद्रको देखकर रुद्र होना चाहा और रुद्र हो गया (यहाँ रुद्रका अर्थ रुद्रसारूप्यप्राप्त रुद्रगण है)। रुद्र होते ही जब सर्वज्ञता आ गयी, तब अपने अनेकानेक जन्मों और स्वप्नोंकी सब कथा उसकी स्मृतिमें आयी। अहो! असत्या ही जगन्मोहिनी माया मरुभूमिमें यद्यपि जलके समान ही है, तथापि कितनी विचित्रता इसमें है। जो मैं प्रथम केवल चिन्मात्र था, वह चित्त बना। गगनादि प्रपञ्चकी भावना करके जीव बना। फिर भिक्षु, फिर स्वप्नसे स्वप्नमें भटकते हुए कहाँसे कहाँ गया। यह सब भावना और सङ्कल्पके अभ्यासका ही परिणाम है। देहादिप्राप्तिमें भी सङ्ग, सङ्कल्प, भावना ही निमित्त होती है। यह भावना आदि विचार करने-

पर कुछ भी नहीं ठहरते। इस सम्पूर्ण संसारभ्रमका एकमात्र असंवेदन ही मार्जन है। यह सब विचारकर रुद्रने शयान भिक्षुको जगाया। जागकर तत्त्वज्ञ भिक्षुने विचित्र स्वप्नपरम्पराका स्मरण किया। पुनः दोनों मिलकर जीवटके पास गये, उसे प्रबुद्ध किया। ये सब पृथक्-पृथक् सर्गके ही आकाशमें थे। फिर उन तीनोंने विप्रके संसारमें जाकर उसे जगाया। इस तरह सामन्त, राजा, सुराङ्गना आदि पूर्वोक्त सभी मिलकर अन्तमें रुद्रभावको प्राप्त हुए। सभी निरावरण चित्स्वरूप होकर अवेदनात्मक मोक्षको प्राप्त हुए।

संवेदन ही सर्ग और बन्ध है, अवेदन ही मोक्ष है। सर्वसाधारणके सङ्कल्पमें अभ्यासाभावसे शक्ति नहीं होती, तथापि एकाग्रतासे दृढ़ सङ्कल्प करनेवाले योगीलोग एक क्षणमें ही अनेक देहोंका निर्माण कर लेते हैं। जैसे क्षीरसागरमें रहते हुए शेषशायी भगवान् अन्यत्र सहस्रों अवतारकार्य करते हैं, वैसे ही सिद्धसङ्कल्प योगियोंके सङ्कल्पानुसार ही सृष्टिपरम्परा चल पड़ती है। दूसरे प्राणी प्राक्तन शुभाशुभ कर्मानुसारी दृढ़ सङ्कल्पके अनुसार संसारको प्राप्त होते हैं। इस तरह कर्मानुसार सभी जीव एक स्वप्नसे दूसरे स्वप्नमें भटक रहे हैं। शान्त, निर्विकार ब्रह्मभावका बोध होनेपर प्राणरोध, इन्द्रियरोधके बिना, दृश्य प्रपञ्चके अस्तगमनके बिना भी सब कुछ सर्वदा शान्त, शुद्ध, मौन ब्रह्म ही उपलब्ध होता है। प्रयत्नानपेक्ष इसी अवस्थाको सौषुप्त-मौन कहा है। इसमें यथास्थित वस्तुके बोधमात्रसे यथास्थित अनाद्यनन्त उदयास्तवर्जित, आकाशसे भी परम सूक्ष्म, शिलासे भी अनन्त घन, निरवकाश, ठोस, शुद्ध, अमल ब्रह्म अपने आपमें ही स्थित रहता है।

वासनामात्र ही चित्त है। चित्तके अभावमें ही परमपद है। रज्जु-सर्पभ्रमके समान इस संसृतिका विवेकमात्रसे बाध हो जाता है। एकार्थाभ्यास, प्राणरोध, मनोनाश ये सब संसृतिसमाप्तिमें कारण हैं। प्राणके शान्त होनेपर मन शान्त होता है, मनःस्पन्दके शान्त होनेपर प्राणस्पन्द भी शान्त होता है। ये दोनों आपसमें रथ-रथीके समान हैं। एकके अभावमें दोनोंका ही अभाव हो जाता है। अनन्तात्मतत्त्वका विचार करके उसीका दृढाभ्यास करनेसे मनको ब्रह्माकार बनाना चाहिये। अज्ञान और ज्ञान दोनोंका ही बाध होनेसे अधिष्ठानतत्त्व ही रह जाता है। सम्पूर्ण द्वैत अविद्यामात्र है। अविद्या भी चित्तमात्र है। चित्त भी स्वभासक अधिष्ठानमात्र है। विचारसे क्षणमें जीव अजीव, चित्त अचित्त हो जाता है। मृगतृष्णा-जलके समान ही मन और अहन्तादि संसार उपलब्ध होता है। सब असत् ही है। किञ्चिन्मात्र विचारसे इसका बाध हो जाता है।

जीवन जलके बुद्बुदेके समान है

फूले फूले फिरत कहौ तौ तुम कापै अहो याकी तो महत्ता सत्ता सब कछु जानी है।
कहै 'रतनाकर' विडंबना विचित्र जेती जीवनके चित्र सौं न अधिक प्रमानी है॥
हाँ सौं नहीं होति औ नहीं सौं होति हाँ है सदा तातैं हाँ चहैयनि नहीं सौं रुचि मानी है।
इहिं भवसागर मैं स्वास आस ही पै बस पानीके बबूले-सी थिरानी जिंदगानी है॥

हमारे अंदर ये तीन बातें होनी चाहिये । वास्तवमें ही प्रभुका प्रत्येक विधान मङ्गलसे ही भरा होता है, प्रत्येक परिस्थितिकी ओटमें उनके मङ्गलमय हाथ छिपे हैं। लोगों-को ऐसी अनुभूति होती है, हो चुकी है, हमें भी ऐसा अनुभव हो सकता है, यह दृढ़ विश्वास हमारे अंदर हो । तथा इस विश्वासके अनन्तर इसे प्रत्यक्ष अनुभव कर लेनेके लिये हमारा प्रयत्न आरम्भ हो । प्रयत्नका रूप सर्वथा सबके लिये एक नहीं हो सकता । अधिकारी-भेदसे उसके अनेकों रूप बन सकते हैं । पर अधिकांश-के लिये लाभकारी एक साधन यह है—

हमारा जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, हमें चाहिये कि प्रतिदिन हम कुछ समय निकालकर यथा-सम्भव किसी एकान्तस्थानमें जा बैठें । सुखपूर्वक बैठकर अपने नेत्र बंद कर लें । निद्रा आ जानेकी सम्भावना हो तो नेत्र खुले ही रक्खें । तदनन्तर मनकी वृत्तियोंको सब ओरसे बटोरकर शान्तिसे मन-ही-मन इन भावोंकी आवृत्ति आरम्भ करें—

'हमारे चारों ओर इस निर्मल आकाशके अणु-अणुमें प्रभु ओतप्रोत हैं, वायुके प्रत्येक स्पन्दनमें प्रभु भरे हैं, सूर्य-चन्द्रकी किरणोंमें, अग्निमें प्रभुकी ही ज्योति भरी है, जल प्रभुके ही रससे परिपूर्ण है, पृथ्वीके कण-कणमें प्रभु विराजित हैं, चर-अचर समस्त प्राणियोंमें प्रभुका निवास है, सबकी सत्ता प्रभुकी सत्तापर ही निर्भर है, हमारी इन्द्रियोंमें समस्त शक्तियाँ सर्वशक्तिमान् प्रभुकी ओरसे आ रही हैं। नेत्र प्रभुकी शक्तिसे देख पाते हैं । कान प्रभुकी शक्तिसे श्रवण करते हैं । त्वचा प्रभुकी शक्तिसे स्पर्शका अनुभव करती है। नासा प्रभुकी शक्तिसे गन्ध ग्रहण करती है । रसना प्रभुकी शक्तिसे रस लेती है । हाथोंमें काम करनेकी शक्ति प्रभुकी ओर-से आ रही है । पैरोंमें चलनेकी शक्ति प्रभु देते हैं । हमारा मन प्रभुकी शक्तिसे मनन करता है । हमारी बुद्धि प्रभुकी शक्तिसे निश्चय करती है । समस्त जगत्में जहाँ जिसमें, जो कुछ भी हलन-चलन क्रिया है, सब प्रभुकी सत्ता एवं शक्तिसे ही हो रही है । प्रभु अनन्त मङ्गलमय हैं, उनमें सर्वथा सदा मङ्गल-ही-मङ्गल भरा है । प्रभु एवं प्रभुका विधान दो वस्तु नहीं है । जो प्रभु है, वही प्रभुका विधान है । विधाता और विधान, लीलामय और लीला एक ही है । अतः मङ्गलमय प्रभुका प्रत्येक विधान अनन्त असीम मङ्गलसे भरा है । जगत्में जो कुछ हुआ है, हो रहा है, होगा—सबमें मङ्गल भरा है । अबतक मेरे लिये जिसने जो भी जैसी भी चेष्टा की है, कर रहा है, करेगा—सबमें मेरे प्रभु भरे हैं, उनकी मङ्गलमयता भरी है ।'

इस प्रकारके भावोंकी, कुछ देर पुनः-पुनः रस ले-लेकर आवृत्ति करते रहें । इस भावनाका परिणाम यह होगा कि ये विचार हमारे चारों ओर फैल जायँगे तथा अन्य समयमें भी, जब कि हम दूसरे-दूसरे कार्योंमें व्यस्त रहेंगे, ये रह-रहकर हमारे मनमें स्फुरित होते रहेंगे । जैसे-जैसे एकान्तका अभ्यास दृढ़ होगा, वैसे-वैसे व्यवहारके समय ऐसी स्फुरणाएँ अधिकाधिक होने लगेंगी । आज जो हमारा वातावरण प्रभुसे शून्य है, वह प्रभुसे भरने लगेगा। क्षण-क्षणमें क्षुद्र-से-क्षुद्र घटनामें अमङ्गलकी भावना होकर हमें जो प्रतिकूलताकी प्रतीति होती है, वह मिटने लगेगी । पद-पदपर जो हमारा अहङ्कार जाग उठता है, वह भी शिथिल पड़ने लगेगा। शत्रु-मित्र, दुष्ट-साधु, ऊँच-नीच—सर्वत्र सबमें समान-रूपसे एकमात्र प्रभुकी सत्ता स्फुरित होने लगेगी । अन्तमें प्रभुके अतिरिक्त अन्य कोई भी सत्ता नहीं बच रहेगी । बस, उसी समय हमारी प्रतिकूलताका भी अन्त हो जायगा, हमारा दुःख भी सदाके लिये जाता रहेगा ।

किंतु यह स्थिति प्राप्त होगी पूरी लगनसे इस अभ्यासमें जुट पड़नेपर ही । आज किया, कल नहीं; दो दिन भावना की, चार दिन नहीं—ऐसे अभ्याससे सफलताकी आशा नहीं है । प्रतिदिन नियमपूर्वक

कोई भी व्यतिक्रम न करके ऐसी भावनाके अभ्यासमें जब हम लगेंगे, तभी हमारे उद्देश्यकी सिद्धि होगी। अन्यथा प्रतिकूल परिस्थिति सामने आते ही ठीक अवसर-पर ही हमें इस भावनाकी विस्मृति हो जायगी तथा स्वभाववश पूर्वकी भाँति ही प्रतिकूलताका अनुभव करके हम दुखी होते रहेंगे।

इस अभ्यासका क्रम निभता रहे, इसके लिये अपने अंदर प्रभुकी दी हुई शक्तियोंका सदा सदुपयोग हो, दुरुपयोग कदापि न हो जाय, इसके लिये भी सावधानी रखना आवश्यक है। जबतक हममें अहङ्कार है, तबतक हम सदा सजग रहें—व्यवहारके समय हमारे नेत्र सदा उचित, आवश्यक, पवित्र, निर्मल दृश्य-को ही अपने अंदर भरें; कदापि अनुचित, अनावश्यक अशुद्ध मलिनको स्थान न दें। श्रवणेन्द्रिय सदा पवित्र शब्द ही ग्रहण करे, कदापि अश्लील अनावश्यक शब्दों-की ओर न झुके। घ्राण, त्वक्, रसना, कर्मेन्द्रियाँ, मन, बुद्धि—सभी शुभमें प्रवृत्त हों; भूलकर भी घ्राण शौकीनीके लिये किसी गंदी गन्धसे न जुड़ जाय; ऐश-आरामकी भावना लेकर त्वक् कदापि अनुचित अवैध स्पर्शमें न संलग्न हो जाय; स्वादकी आसक्तिवश रसना अखाद्य-में तो प्रवृत्त हो ही नहीं, खाद्यमें भी चटोरी न बन जाय। कर्मेन्द्रियाँ अनावश्यक क्रियाशील कदापि न हों; हमारा मन अनर्थक सङ्कल्प-विकल्पोंमें न लगे। बुद्धि क्षणभरके लिये भी व्यर्थ बातोंका निर्णय देनेमें निश्चय करनेमें न फँस जाय। इस प्रकार हमारे अंदर प्रभुकी दी हुई सम्पूर्ण शक्तियोंको हम नियन्त्रित करके अपने निश्चित उद्देश्यकी सिद्धिमें लगा दें। इनका सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। फिर प्रत्येक घटनाको ठीक-ठीक ग्रहण करनेकी—प्रभुसे जुड़ी हुई देखनेकी योग्यता हमारे अंदर उत्तरोत्तर बढ़ती जायगी। क्षोभ—दुःखके प्रसङ्ग उपस्थित होनेपर भी क्रमशः दुःखका भाव कम होता जायगा।

हम कह सकते हैं कि ठीक है, बाहरकी घटनाओंमें तो हमारा प्रतिकूल भाव ही हमारे दुःखमें हेतु है, उसके प्रति भावना परिवर्तन करनेसे हमारा दुःख मिट सकता है; किंतु मान लें, हमारे शरीरमें कहीं भयङ्कर फोड़ा हो गया, उसकी पीड़ासे हम व्याकुल हो रहे हैं। हमें दुःख हो रहा है। ऐसे अवसरपर तो हमें प्रतिकूलताकी अनुभूति होगी ही, दुःख होगा ही। यह दुःख तो घटनाजन्य ही है, इसमें हमारा भाव कैसे हेतु हुआ? तो इसका उत्तर यह है कि यहाँ भी हमारे दृष्टिकोणका ही अन्तर है। साथ ही यह भी समझ रखनेकी बात है कि पीड़ाका अनुभव होना और बात है तथा दुःख होना दूसरी बात है। यदि हमारा दृष्टिकोण बदल जाय, इस घटनाको भी हम ठीक-ठीक ग्रहण करना सीख जायँ तो पीड़ाकी अनुभूति तो होगी, पर दुःख हमें सर्वथा नहीं होगा। यदि किसी प्रकार फोड़ेके प्रति हमारी यह भावना हो जाय कि यह तो प्रभुका प्रसाद है, दयामयके विधानसे आया है, और आया है मेरे दुष्कर्मोंका भार हलका करनेके लिये; नहीं-नहीं, स्वयं ही प्रभु इस रूपमें मुझे स्पर्श कर रहे हैं—ऐसा हमारा दृष्टिकोण हो जाय तो फिर सच मानें, पीड़ाकी अनुभूतिके साथ-ही-साथ एक परम सात्त्विक सुखकी अनुभूति होगी; दुःख तो रत्तीमात्र भी नहीं होगा। ऐसी भावना हो जाना अथवा इस भावना-की बातको अच्छी तरह समझ लेना मात्र भी कठिन अवश्य है। पर कठिनाई भी इसीलिये है कि हमने कभी भी सच्चे मनसे प्रभुकी सत्ताको स्वीकार नहीं किया। जिन्होंने स्वीकार किया है, उनके लिये यह ध्रुव सत्य सिद्धान्त है। उन्हें इसके आचरणमें ऐसी भावना करने-में परिश्रम भी नहीं करना पड़ता। प्रभुके अस्तित्वकी स्वीकृति उन्हें स्वतः ऐसे भावना-राज्यमें पहुँचा देती है।

बृहदारण्यक श्रुति है—

एतद् वै परमं तपो यद् व्याहितस्तप्यते परमं ह वै लोकं जयति य एवं वेद।

कोई ज्वरादि व्याधियोंसे अत्यन्त पीड़ित है, शरीर ज्वरके तापसे जल रहा है। उसे ऐसी भावना करनी चाहिये कि यही मेरे लिये परम तप है, मैं तप कर रहा हूँ। जो ऐसा मानता है वह इस भावनाके फलस्वरूप परम लोकको जीत लेता है।'

ऐसे ही यदि हम फोड़ेमें अथवा शरीरकी अन्य व्याधियोंमें, शरीरसम्बन्धी प्रत्येक प्रतिकूल घटनामें प्रभुके प्रसादकी, स्वयं प्रभुकी भावना करके उस घटनाके प्रति अपना दृष्टिकोण बदल लें, तो पीड़ाकी अनुभूति होनेपर भी हमारा दुःख तो निश्चय ही जाता रहे।

लोकमें भी हम प्रत्यक्ष देखते हैं कि एक व्यक्ति आत्मशुद्धिके लिये किसी दिन व्रत रखकर उपवास करता है, वही किसी दिन संयोग-क्रमसे भोजनकी व्यवस्था न होनेके कारण भूखा रह जाता है। दोनों ही दिन भूखकी पीड़ा तो उसे समान भावसे होती है; किंतु व्रतवाले दिन वह पीड़ाको सुखपूर्वक सहन करता है, साथ ही व्रतका पालन हो रहा है, इस सुखका अनुभव करते हुए उस दिन होनेवाले उत्सवमें वह उल्लास-पूर्वक सम्मिलित भी होता है। भूखकी पीड़ा होते हुए भी उसके अन्तरमें दुःखकी छाया भी नहीं है। पर वही व्यक्ति दूसरे दिन भोजन न मिलनेके कारण दुखी है, चिन्तित हो रहा है कि क्या करें, भोजनकी व्यवस्था अभीतक नहीं हो सकी है, सन्ध्या होने जा रही है। उस दिन अन्य कार्योंमें भी उसका मन नहीं लगता। भूखकी पीड़ासे मन-ही-मन व्यथित होकर वह सारा उत्साह खो बैठता है। ऐसा क्यों? भूखका अनुभव तो दोनों दिन समान भावसे ही होता है? ऐसा इसीलिये कि पहले दिन वह भूख, भूखकी पीड़ा उसके लिये अनुकूल है, और दूसरे दिन प्रतिकूल। दृष्टिकोणमें भेद होनेसे ही एक ही प्रकारकी घटना एक दिन सुख और दूसरे दिन दुःखका कारण बन जाती है। कदाचित् वह दृष्टिकोण बदल सके; ऐसा सोच ले कि मङ्गलमय प्रभु-के विधानसे ही आज मुझे भोजन नहीं मिला, इसमें निश्चय ही मेरा कोई अत्यन्त मङ्गल छिपा है, तो वह तत्क्षण सुखी हो जाय।

अबतकके विवेचनका सारांश यह है कि घटनामें दुःख नहीं है। घटनाके प्रति प्रतिकूल भावना ही हमारे दुःखका सृजन करती है। अतः यदि हम अपना दुःख मिटाना चाहते हों तो घटनाकी ओर न देखकर उसमें ओतप्रोत प्रभुकी ओर दृष्टि स्थिर करें। उनकी ओर दृष्टि लगी कि बस, वे-ही-वे दीखने लगेंगे, सर्वत्र उनके ही मङ्गलमय कर-कमल काम करते दीखेंगे। फिर हमारी प्रतिकूलता मिट जायगी और हमारा दुःख भी सदाके लिये समाप्त हो जायगा। दुःखनाशका यही अमोघ उपाय है।

दुःखसे तरनेका उपाय

जो नर दुखमें दुख नहिं मानै।
सुख सनेह अरु भय नहिं जाके, कंचन माटी जानै॥
नहिं निंदा नहिं अस्तुति जाके, लोभ मोह अभिमाना।
हरष-सोकतें रहै नियारो, नाहिं मान-अपमाना॥
आसा-मनसा सकल त्यागिकै, जगतें रहै निरासा।
काम क्रोध जेहि परसै नाहिन, तेहिं घट ब्रह्म निवासा॥
गुरु किरपा जेहिं नरपै कीन्ही, तिन यह जुगति पिछानी।
नानक लीन भयो गोविंदसों, ज्यों पानी सँग पानी॥

—नानकजी

श्रीकृष्णलीलाका चिन्तन

[वर्ष २२, पृष्ठ १४५६ से आगे]

(२८)

कज्जलमिश्रित अश्रुप्रवाह उनके कपोलोंको सिक्त कर रहा है, आकुल नेत्र बारंबार आभीरसुन्दरियोंसे कुछ मूक विनय, दया-याचना-सी कर रहे हैं; कुन्तलराशि मुखचन्द्रपर बिखर गयी है—इस प्रकार श्रीकृष्णचन्द्र अतिशय करुण-अवस्थामें ऊखलसे बँधे खड़े हैं। गोपसुन्दरियाँ उन्हें घेरे खड़ी हैं। सभी चाहती हैं—व्रजेश्वरी अब द्रवित हो जायँ, स्वल्प अपराधके लिये पर्याप्त दण्ड वे अपने नीलमणिको दे चुकीं। एकने यशोदारानीसे बन्धन खोल देनेकी प्रार्थना की—

जसुदा तेरौ मुख हरि जोवै।
कमलनैन हरि हिचिकिनि रोवै, बंधन छोरि जसोवै॥

दूसरी समझाने लगी—

जो तेरौ सुत खरौ अचगरौ, तऊ कोखिकौ जायौ।
कहा भयौ जो घरकैं ढोटा, चोरी माखन खायौ॥

तीसरीने भी समझाया—

जसुदा यह न बूझिकौ काम।
कमलनैनकी भुजा देखि धौं, तैं बाँधे हैं दाम॥
पुत्रहु ते प्यारौ कोउ है री, कुल-दीपक मनि-धाम।
हरि पर वारि डारि सब तन, मन, धन गोरस अरु ग्राम॥

एक वृद्धा गोपीमें तो कुछ दैवी आवेश हो गया, उसके नेत्रोंमें रोष भर आया, सारे अङ्ग किसी विचित्र तेजःपुञ्जसे व्याप्त हो गये। वह यशोदारानीकी भर्त्सना करती हुई भगवत्तत्त्वकी बातें बताने लगी और श्रीकृष्ण-चन्द्रको छोड़ देनेके लिये व्रजेश्वरीको शपथ देने लगी—

(जसोदा !) तेरौ भलौ हियौ है माई।
कमल-नैन माखनकैं कारन, बाँधे ऊखल ल्याई॥
जो संपदा देव-मुनि-दुर्लभ सपनेहुँ देइ न दिखाई।
याही तैं तू गर्ब भुलानी, घर बैठे निधि पाई॥
जो मूरति जल-थल मैं व्यापक निगम न खोजत पाई।
सो मूरति तैं अपनैं आँगन, चुटकी दै जु नचाई॥
तब काहू सुत रोवत देखति, दौरि लेति हिय लाई।
अब अपने घरके लरिका सौं इती करति निठुराई॥
बारंबार सजल लोचन करि चितवत कुँवर कन्हाई।
कहा करौं, बलि जाउँ छोरि तू, तेरी सौंह दिवाई॥
सुर पालक, असुरनि उर सालक, त्रिभुवन जाहि डराई।
सूरदास प्रभुकी यह लीला, निगम नेति नित गाई॥

किंतु व्रजेश्वरीका हृदय तो आज मानो पाषाण बन गया है। वे किसीकी बातसे तनिक भी द्रवित नहीं होतीं। अपि तु सबका इतना आग्रह देखकर उलटे खीझ जाती हैं और कहने लगती हैं—

जाहु चली अपनैं-अपनैं घर।
तुमहिं सबनि मिलि ढीठ करायौ, अब आईं छोरन बर॥
मोहिं अपने बाबाकी सौंहैं, कान्हहिं अब न पत्याउँ।
भवन जाहु अपनैं-अपनैं सब, लागति हौं मैं पाउँ॥
मोकौ जनि बरजौ जुवती कोउ, देखौ हरिके ख्याल।
सूर स्याम सौं कहति जसोदा, बड़े नंदके लाल॥

व्रजरानी इतनी कठोर तो कभी नहीं थीं! उन्होंने इतना रूक्ष व्यवहार तो हम सबसे आजतक कभी नहीं किया! गोपरामाओंके हृदयमें ठेस-सी लगती है। उन सबमें रोषका सञ्चार हो जाता है। वे बोलीं—

ऐसी रिस तोकौं नँदरानी।
भली बुद्धि तेरैं जिय उपजी, बड़ी बैस अब भई सयानी॥
ढोटा एक भयौ कैसैंहु करि, कौन-कौन करबर बिधि भानी।
क्रम-क्रम करि अब लौं उबरयौ है, ताकौं मारि पितर दै पानी!
को निरदई रहै तेरैं घर, को तेरैं सँग बैठै आनी॥

तथा हृदयमें दुःखका भार लिये, अत्यन्त उदास, अतिशय खिन्न वे अपने घरकी ओर चल पड़ीं—

सुनहु सूर कहि-कहि पचि हारीं, जुवती चलीं घरनि बिरुझानी॥

पुरसुन्दरियाँ मुझे जननीके अनुशासनसे, जननी-प्रदत्त बन्धनसे मुक्त कर देंगी—श्रीकृष्णचन्द्रकी यह आशा टूट गयी। अब वे अश्रुपूरित कण्ठसे अग्रज बलरामका

नाम ले-लेकर पुकारने लगते हैं; किंतु अग्रज यहाँ कहाँ ? वे तो जननीके साथ उपनन्द-गृहमें हैं। फिर भी अनुजका आह्वान व्यर्थ नहीं होता। रोहिणी मैया कुछ भी न जान सकीं, पर रोहिणीनन्दन बलरामके हृत्तन्तुओंपर श्रीकृष्णचन्द्रका करुण क्रन्दन झङ्कृत हो उठा। वे व्याकुल हो उठे। माताके लौटनेमें तो अभी पहरभरका विलम्ब है। इतना धैर्य राममें कहाँ ? वे भाग चले, क्षणोंमें ही निर्विघ्न नन्दभवनके समीप जा पहुँचे। मार्गमें कोई बाधा नहीं आयी; क्योंकि योगमायाने उपनन्दपत्नी एवं श्रीरोहिणीके स्मृति-पथमें, 'राम यहीं खेल रहा है, या कहीं चला गया ?' इसके सामने एक झीनी चादर डाल दी थी। अस्तु—

नन्दप्राङ्गणसे लौटती हुई कुछ व्रजपुरन्ध्रियोंने बलराम-की ओर देखा एवं बलरामने उनकी ओर। एक अतिशय व्यथित गोपी चटपट श्रीकृष्णचन्द्रके ऊखल-बन्धनकी सारी बात रामको सुनाने लगी—

हलधरसौं कहि ग्वालि सुनायौ।
प्रातहिं तैं तुम्हरौ लघु भैया, जसुमति ऊखल बाँधि लगायौ॥

फिर तो रोहिणीनन्दन दौड़ पड़े, श्रीकृष्णचन्द्रके समीप चले आये। पर आह ! अनुजकी दशा देखकर रोहिणीनन्दनके नेत्र तो छल-छल करने लगे—

यह सुनिकै हलधर तहँ धाए।
देखि स्याम ऊखल सौं बाँधे, तबहीं दोउ लोचन भरि आए॥

बलराम अपने हाथसे यशोदारानीका अञ्चल धारण-कर गद्‌गद कण्ठसे बोले—

स्यामहिं छोरि मोहिं बाँधै बरु, निकसत सगुन भले नहिं पाए।
मेरे प्रान-जिवन-धन कान्हा, तिनकें भुज मोहिं बँधे दिखाए॥

ओह ! अग्रजकी बात सुनते ही यशोदारानीके प्राणोंमें टीस-सी चलने लगी। उन्हें भान हुआ कि अब कठोरताके इस झूठे स्वाँगका निर्वाह करना उनके लिये तो असंभव है; किंतु नहीं, उसी क्षण अचिन्त्यलीला-महाशक्तिने वात्सल्यरसघनमूर्ति यशोदारानीके मनको अपने हाथोंमें ले लिया। व्रजेश्वरी तो उमड़ते हुए वात्सल्य-सिन्धुमें बहने जा रही थीं, पर लीलाशक्ति उन्हें बाहर निकाल ले आयीं तथा उनपर अपना हाथ फेरकर कुछ समयके लिये धैर्य धारण करने योग्य बना डाला। अवश्य ही मैया अग्रजको बोलकर उत्तर न दे सकीं। केवल उनकी प्रार्थनाको अस्वीकार करते हुए अपना सिर किञ्चिन्मात्र हिला पायीं।

अब तो रोहिणीनन्दनको क्रोध हो आया। नेत्र और भी अरुण हो उठे। कुछ क्षण तिरछी चितवनसे जननीकी ओर देखकर वे बोले—

काहे कौं कलह नाध्यौ, दारुन दाँवरि बाँध्यौ,
कठिन लकुट लै तैं, त्रास्यौ मेरैं भैया।
नाहीं कसकत मन, निरखि कोमल तन,
तनिक-से दधि-काज, भली री तू मैया॥
हौं तौ न भयौ री घर, देख्यौ तेरी यौं भर,
फोरतौ बासन सब, जानति बलैया।
सूरदास हित हरि, लोचन आए हैं भरि,
बलहू कौं बल जाकौं सोई री कन्हैया॥

इस बार जननी मन-ही-मन हँस पड़ती हैं। साथ ही यह अनुभव करती हैं कि अब यहाँ और रुकना उचित नहीं; अन्यथा वे अपना धैर्य खो बैठेंगी; तथा इस प्रकार अबतकका सारा प्रयास निष्फल हो जायगा। इस विचारसे व्रजेश्वरी पार्श्ववर्ती प्राङ्गणमें चली जाती हैं। यहाँ रह जाते हैं—गोपशिशुओंसे आवृत, ऊखलमें निबद्ध श्रीकृष्णचन्द्र एवं उनकी ओर सकरुण दृष्टिसे देखते हुए रोहिणीनन्दन बलराम। इनके अतिरिक्त अन्तरिक्षमें अवस्थित हैं अमरवृन्द, जो श्रीकृष्णचन्द्रकी इस भक्तवत्सलताको निहार-निहारकर आनन्दसिन्धुमें डूब-उतरा रहे हैं। क्यों न हों ? सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र, स्वयं भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रका जननीके प्रति यह आत्मसमर्पण इस योग्य ही है। समस्त लोकपालोंके सहित यह परिदृश्यमान जगत् जिनके वशमें है, जिनपर किसीका बन्धन—शासन नहीं है, जो नित्य परम स्वतन्त्र हैं, उन

अनन्त ऐश्वर्यनिकेतन, यशोदानन्दन श्रीकृष्णचन्द्रने जननीके द्वारा दिये हुए बन्धनको स्वीकार कर आज वास्तवमें अपनी भक्ताधीनताको प्रत्यक्ष प्रकट जो कर दिया है—

एवं सन्दर्शिता ह्यङ्ग हरिणा भृत्यवश्यता।
स्ववशेनापि कृष्णेन यस्येदं सेश्वरं वशे॥
(श्रीमद्भा० १०।९।१९)

जिस कृपा-वैभवका आस्वाद व्रजेश्वरीने पाया, उसे आजतक नारायणके नाभिकमलसे उत्पन्न, प्रापञ्चिक भक्तोंके आदिगुरु जगत्-विधाता ब्रह्माने भी न पाया, आत्मस्वरूप शङ्करने भी कभी उसे अनुभव न किया, वक्षःस्थल-विलासिनी लक्ष्मीको भी वह न मिला। मुक्तिपर्यन्त पुरुषार्थदाता श्रीकृष्णचन्द्रसे जो प्रसाद गोपमहिषीने पाया, वह किसीने नहीं—

नेमं विरिञ्चो न भवो न श्रीरप्यङ्गसंश्रया।
प्रसादं लेभिरे गोपी यत्तत् प्राप विमुक्तिदात्॥
(श्रीमद्भा० १०।९।२०)

आज यह भी प्रत्यक्ष हो गया—यशोदानन्दन स्वयं भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रको अनायास सुखपूर्वक पा लेनेका मार्ग कौन-सा है? व्रजवासियोंके समान केवल प्रेमके लिये ही प्रेम करनेवाले भक्तोंको वे जितने सुलभ हैं, उतने सुलभ किसी भी प्राणीके लिये नहीं और तो क्या अपने आत्मभूत तत्त्वज्ञानियोंके लिये भी नहीं—

नायं सुखापो भगवान् देहिनां गोपिकासुतः।
ज्ञानिनां चात्मभूतानां यथा भक्तिमतामिह॥
(श्रीमद्भा० १०।९।२१)

यह सब प्रत्यक्ष देखकर, अनुभव कर देववृन्द तो आनन्दमत्त हो गये हैं; किंतु यशोदारानीके ध्यानमें बस, इतनी-सी बात है कि अपने चञ्चल नीलमणिको उन्होंने कुछ क्षणोंके लिये ऊखलसे बाँध दिया है। 'भर्त्सनासे अपमानित मानकर, रूठकर कहीं वह वनकी ओर एकाकी भाग न जाय, इसकी उचित व्यवस्थामात्र मैंने की है।' वे तो इतना ही जानती हैं। इसीलिये दूसरे कक्षमें जाकर निश्चिन्त मनसे गृहकार्यमें संलग्न हो गयी हैं।

इधर अनुजके प्रति इतनी कठोरता एवं अपनी प्रार्थनाकी जननीकृत उपेक्षा—दोनों ही रोहिणीनन्दनके लिये असह्य हो जाती है। वे क्रोधसे दाँत पीसने लगते हैं; किंतु श्रीकृष्णचन्द्रका क्रन्दन क्रमशः शान्त होने लगता है। जबतक गोपसुन्दरियाँ थीं, जननी उपस्थित थीं, तबतक तो वे अत्यन्त व्याकुल थे। पर उनके जानेके कुछ क्षणोंके पश्चात् ही वे शान्त होने लगे। धीरे-धीरे क्रन्दन समाप्त हो जाता है; और अब तो उसके बदले उनके अरुण अधरोंपर मन्द मुसकान छा जाती है। अवश्य ही अभी यह मुसकान व्रजरानीके वात्सल्य-रसपानसे मत्त हुए, अपने अनन्त ऐश्वर्यको विस्मृत हुए स्वयं भगवान् व्रजेन्द्रनन्दन श्रीकृष्णचन्द्रकी नहीं है, यह मुसकान है उनके अधरोंकी ओटमें उनके लीलामञ्चकी अधिष्ठात्री योगमायाकी! वह व्यक्त हुई है अतिशय व्याकुल बलरामको आश्वासन देनेके लिये, क्षणभरके लिये बलराममें उनके अनुजके अनन्त असमोर्द्ध्व ऐश्वर्यका उन्मेष कर उनकी चिन्ता हर लेनेके लिये, साथ ही रसपानप्रमत्त श्रीकृष्णचन्द्रमें एक सुदूर अतीतकी—अपने परमभक्त नारदके द्वारा दी हुई प्रतिश्रुतिकी स्मृति जगानेके लिये। उस मुस्कानने रोहिणीनन्दनकी चिन्ता हर ली। ठीक वैसी ही एक किरण उनके अधरोंपर भी व्यक्त हो जाती है, तथा नेत्रोंमें ऐश्वर्यका चित्रपट भर जाता है—

निरखि स्याम हलधर मुसुकाने।
को बाँधै, को छोरै इनकौं, यह महिमा येई पै जाने॥
उतपति प्रलय करत हैं येई, सेष सहस-मुख सुजस बखाने।
जमलार्जुन तरु तोरि उधारन, कारन करन आपु मन माने॥
असुर-सँहारन, भक्तनि तारन, पावन-पतित कहावत बाने।
सूरदास प्रभु भाव-भक्तिके, अति हित जसुमति हाथ बिकाने॥

श्रीकृष्णचन्द्र भी मानो जाग-से उठते हैं। नन्दसदनके समीप खड़े गगनचुम्बी यमलार्जुन वृक्षोंकी ओर उनकी दृष्टि चली जाती है। उसी क्षण बाल्यावेशके अन्तरालसे उनकी सर्वज्ञता-शक्ति सङ्केत करने लगती

है—'लीलाविहारिन् ! दामोदर ! देखो नाथ ! देव-परिमाणसे शतवर्ष पूर्व ये युग्म अर्जुन-वृक्ष यहाँ आकर तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहे हैं। कुबेरपुत्र नलकूबर एवं मणिग्रीव ही वृक्ष बनकर तुम्हारी कृपाकी बाट देख रहे हैं। धनमदने इन्हें अन्धा कर दिया था; किंतु तुम्हारे परम भक्त देवर्षि नारदकी इनपर कृपा हुई। देवर्षिने शाप देकर इन्हें वृक्ष-योनि दे दी, अनुग्रह करके तुम्हारे क्रीडा-प्राङ्गणके किनारे निवास दे दिया। तबसे बारंबार ग्रीष्मके आतपका, पावसकी झड़ीका, शिशिरके हिमका और पवनके प्रचण्ड झंझावातका उपभोग करते हुए ये अपनी सारी मलिनता धो चुके हैं। अब समय पूर्ण हो चुका है, नाथ ! अपना पावन स्पर्श दानकर इन्हें कृतार्थ करो, प्रभो ! अवसर भी सुन्दर है, जननी गृहकार्यमें व्यस्त हैं।'—

कृष्णस्तु गृहकृत्येषु व्यग्रायां मातरि प्रभुः।
अद्राक्षीदर्जुनौ पूर्वं गुह्यकौ धनदात्मजौ॥
पुरा नारदशापेन वृक्षतां प्रापितौ मदात्।
नलकूबरमणिग्रीवाविति ख्यातौ श्रियान्वितौ॥

(श्रीमद्भा० १०। ९। २२-२३)

सर्वज्ञताशक्तिके उपर्युक्त सङ्केतपर श्रीकृष्णचन्द्र भी अपनी स्वीकृति दे देते हैं—

हरि चितए जमलार्जुनके तन।
अबहीं आजु इन्हैं उद्धारौं, ये हैं मेरे निज जन॥
× × × ×
ये सुकुमार, बहुत दुख पायौ, सुत कुबेरके तारौं।
सूरदास प्रभु कहत मनहिं मन, यह बंधन निरवारौं॥

श्रीरामानुजाचार्यका विशिष्टाद्वैतवाद

[एक विहङ्गम-दृष्टि]

(साहित्यमहोपाध्याय पं० श्रीजनार्दनजी मिश्र 'पङ्कज' साहित्य-व्याकरणाचार्य, काव्यतीर्थ, बी० ए०, साहित्यरत्न, साहित्यालङ्कार)

आचार्य श्रीरामानुजकी दार्शनिक चिन्तन-धारा श्रीशङ्कराचार्यके अद्वैतवाद और मायावादके विरोध और प्रतिक्रियाका परिणाम है। इनकी दार्शनिक अट्टालिकाके तीन स्तम्भ हैं—चित् (जीव), अचित् (जड-समूह) और पुरुषोत्तम। उनका ईश्वर अचिन्त्यानन्त-कल्याण-गुणाकर, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् और स्वतःप्रकाश है। वह सृष्टि-स्थिति-पालनका एकमात्र नियन्ता है। स्थूल, सूक्ष्म—चेतनाचेतनविशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनन्त जीव और जगत् उसीके शरीर हैं।

श्रीप्रज्ञानन्द सरस्वतीने (यतीन्द्रमतदीपिका—प्रथम परिच्छेदके आधारपर) अपने वेदान्त-दर्शनके इतिहास, द्वितीय भागमें ऊपरके तीनों तत्त्वोंके समर्थनके लिये निम्नलिखित विषयोंपर विचार किया है।

१. स्थूल-सूक्ष्म—चेतनाचेतनविशिष्ट ब्रह्मका एकत्व।
२. द्वैत और अद्वैत श्रुतिका अविरोध।
३. ब्रह्मका सगुणत्व और विभुत्व—ब्रह्म सविशेष।
४. ब्रह्मके निर्गुणत्व और निर्विशेषत्ववादका खण्डन।
५. जीवका अणुत्व, ब्रह्मस्वभावत्व और दासत्व।
६. जीवका बन्धन और उसका कारण—अविद्या।
७. जीवका मोक्ष और उसका उपाय—विद्या।
८. उपासनारूपी भक्तिका श्रेष्ठत्व और मोक्षसाधनत्व।
९. मुक्तावस्थामें जीवकी ब्रह्मस्वभाव-प्राप्तिका निरसन।
१०. शाङ्करमतकी अविद्या या मायावादका खण्डन।
११. अनिर्वचनीयतावादका खण्डन।
१२. जगत्की तुच्छताका खण्डन और सत्यताका स्थापन।
१३. जीव और जगत्का ब्रह्म अथवा ईश्वर-शरीरत्वका निरूपण।

आचार्य रामानुजके मतानुसार प्रमाण तीन प्रकारके हैं—प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द। प्रमेय दो प्रकारके हैं—द्रव्य और अद्रव्य। और पदार्थसमूह प्रमाण-प्रमेयके भेदसे दो प्रकारके हैं। द्रव्यके दो भेद हैं—जड और अजड। जडके दो भेद हैं—प्रकृति और काल। प्रकृति चतुर्विंशत्यात्मिका (२४ प्रकारकी) है और काल तीन प्रकारके हैं—अतीत, वर्तमान और भविष्यत्। पराक् और प्रत्यक्के भेदसे अजडके दो प्रकार हैं—नित्य विभूति और धर्मभूत ज्ञानरूप पराक् तथा जीव और ईश्वर—प्रत्यक् कहलाते हैं। बद्ध, मुक्त और नित्यके भेदसे जीव तीन प्रकारके हैं। बद्धके दो भेद हैं—बुभुक्षु और मुमुक्षु। बुभुक्षु दो प्रकारके

हैं—'अर्थकामपरायण' और 'धर्मपरायण'। मुमुक्षु भी दो प्रकारके हैं—कैवल्यपर और मोक्षपर।

आचार्य रामानुजके छः प्रसिद्ध ग्रन्थ हैं—(१) वेदार्थसंग्रह—इसमें श्रीशङ्कराचार्य और भास्कराचार्यके मतवादोंका खण्डन है। (२) वेदान्तसार—ब्रह्मसूत्रकी लघ्वक्षरटीका। (३) वेदान्त-दीप—ब्रह्मसूत्रकी वेदान्तसारसे विस्तृत टीका। (४) गद्यत्रय—इसमें ईश्वरका, प्रपत्तिका उत्कृष्ट वर्णन है। (५) गीताभाष्य—वेदान्तदेशिककृत तात्पर्यचन्द्रिका टीका और (६) श्रीभाष्य—यह श्रीरामानुजके दार्शनिक पाण्डित्यका उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें विशिष्टाद्वैतके सिद्धान्तोंकी विस्तृत और प्रामाणिक आलोचना की गयी है।

श्रीरामानुजके चित्, अचित् और ईश्वर—पदार्थत्रयकी कल्पना मौलिक नहीं है। बल्कि श्वेताश्वतर-उपनिषद्के भोक्ता, भोग्य और प्रेरिता ब्रह्मके आधारपर प्रतिष्ठित है। ईश्वर पाँच प्रकारके हैं—पर, विभु, व्यूह, अन्तर्यामी और अर्चावतार। पर—एक नारायण हैं। व्यूह—वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्धके भेदसे चार हैं। केशवादि व्यूहान्तर हैं। मत्स्य-कच्छपादि अनन्त विभव हैं। अन्तर्यामी प्रत्येक शरीरमें स्थित है। जीव नित्य पदार्थ होते हुए भी ईश्वराधीन है। अर्चावतार—श्रीरंगम्, वेंकट और वरदराजादि स्थूल-मूर्तिविशेष हैं। अद्रव्य—दस प्रकारके हैं—सत्त्व, रज, तम, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, संयोग और शक्ति।

आचार्य रामानुजके मतानुसार जगत्में निर्गुण वस्तुकी कल्पना असम्भव है। अतएव सगुण या सविशेष ब्रह्म ही उपनिषत्प्रतिपाद्य है। जगत्के सभी पदार्थ परिदृश्यमान और गुणविशिष्ट होते हैं। अतएव निर्विकल्पक प्रत्यक्षमें भी सगुण या सविशेष वस्तुकी प्रतीति होती है।

श्रीरामानुजके मतसे प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द—ये तीन ही प्रमाण हैं। प्रमाका करण ही प्रमाण है और यथावस्थित व्यवहारानुगुण ज्ञान ही प्रमा है। शुक्ति (सीप) में रजत-ज्ञान भी ज्ञानपद-वाच्य हो सकता है। उसकी निवृत्तिके लिये व्यवहारानुगुण शब्द व्यवहृत हुआ है। प्रमाणके बलसे तत्काल ही ज्ञानोत्पत्ति होती है। सविकल्प और निर्विकल्पके भेदसे प्रत्यक्ष दो प्रकारके होते हैं। प्रत्यक्ष ज्ञानकी प्रक्रिया—जैसे, आत्मा मनके साथ युक्त होता है और इन्द्रियाँ विषयोंके साथ। ज्ञानोत्पत्तिका यही क्रम है। अथ च ज्ञान विषयावगाही है। निर्गुण या निर्विशेष वस्तुका ज्ञान नहीं हो सकता। कारण, स्मृति भी प्रत्यक्षके ही अन्तर्भुक्त है। पूर्वानुभूत वस्तुके संस्कारसे स्मृति जगती है, अतएव वह कोई प्रमाण नहीं। प्रत्यभिज्ञा भी प्रत्यक्षके अन्तर्भुक्त है। अभाव भावान्तररूप है। अतएव वह भी प्रत्यक्षके अन्तर्भुक्त है। पुण्यवान् मनुष्यकी प्रतिभा (योगजज्ञान) भी प्रत्यक्षके अन्तर्भुक्त है। इनके मतसे सभी ज्ञान सत्य और सविशेषविषयक हैं*, आचार्य श्रीरामानुज विशिष्टाद्वैतके प्रवर्तक हैं। अतएव इनकी ईश्वर-कल्पना शाङ्करमतकी कल्पनासे बिल्कुल भिन्न है। इनके मतानुसार अन्तर्यामी ईश्वर और जगत्प्रपञ्चका निर्माता ईश्वर दोनोंमें तत्त्वतः एकता है। इसी तात्त्विक एकताके कारण एक विशेषणसे विशिष्ट ईश्वर तदन्यविशेषणसे विशिष्ट ईश्वरके साथ बिल्कुल अभिन्न है। यह नितान्त अभिन्नता अर्थात् एकता विशिष्ट (ईश्वर) की है। 'अथ च विशिष्टयोरैक्यम्'—सूत्रके अनुसार आचार्य श्रीरामानुजद्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त 'विशिष्टाद्वैत' कहलाता है।

श्रीरामानुजकी 'अपृथक्सिद्धि' से भी विशिष्टाद्वैतका ही समर्थन होता है। उन्होंने द्रव्य और गुण अथवा द्रव्य और अन्य द्रव्यमें विद्यमान रहनेवाले सम्बन्धको स्वीकार किया है। उनका यह स्वीकृत सम्बन्ध न्याय-वैशेषिक-सम्मत होते हुए भी समवायकी अनुरूपताके कारण उससे प्रभिन्न है। समवाय बाह्य और अपृथक्सिद्धि आन्तर सम्बन्ध है।† शरीर वही है, जिसे आत्मा धारण करती है, नियमन करती है और कार्यमें प्रवृत्त करती है।

ईश्वर भी उसी प्रकार चित् (जीव) और अचित् (जडसमूह) को आश्रित और कार्यमें प्रेरित करता है। इनमें जो प्रमुख है, वही नियामक होता है और विशेष कहलाता है। जो गौण होता है, वह नियम्य होता है और विशेषण कहलाता है। नियम्य और गौण होनेसे जीव 'विशेषण' तथा नियामक और प्रधान होनेसे ईश्वर 'विशेष्य' कहलाता है। चित् और अचित् उस विशेष्य भूतके ही विशेषण हैं। विशेषण विशेष्यसे पृथक् नहीं हो सकता। अथ च विशेषणयुक्त विशेष्यकी एकत्व-कल्पना युक्तिसंगत है और विशिष्टाद्वैतका यही गूढार्थ है।

अपौरुषेय और नित्य वेदवाक्य ही रामानुजका शब्द-प्रमाण है। ऐसा प्रतीत होता है कि आचार्य रामानुजने

* 'भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्॥' (श्वेता० १। १२)।

† श्रीभाष्य।

जैमिनिकी पूर्वमीमांसाके मतके सामञ्जस्यकी रक्षा की है। जैमिनिके मतानुसार सभी वेदवाक्य प्रामाणिक हैं और आचार्यके मतसे सभी सिद्ध ब्रह्मपर-वाक्य उपासनारूप कार्यान्वयी हैं।

ज्ञान—श्रीशङ्करके मतानुसार निरपेक्ष और रामानुजके मतानुसार आपेक्षिक है। शङ्करके मतसे ज्ञान स्वप्रकाश और निर्विशेष है। ज्ञानका सविशेषत्व उपाधिकृत है और ज्ञान प्रत्यगात्मस्वरूप है; किंतु रामानुजके मतसे ज्ञान सविशेष-विषयक हैं। दोनोंमें दर्शनगत यही मौलिक भेद है। शङ्करके मतसे माया अथवा अज्ञान एक ही पदार्थ है। संशय, विपर्यय और मिथ्या ज्ञान सभी अज्ञान हैं। रामानुजके मतसे माया भगवान्‌की शक्ति है। माया और अज्ञान एक ही पदार्थ नहीं। माया भगवान्‌की आश्रिता है और अज्ञान ज्ञानका अभाव है और वह जीवाश्रित है। दोनोंके दार्शनिक सिद्धान्तोंमें यह मौलिक पार्थक्य है।

आचार्य रामानुजके मतानुसार कर्म-सम्बन्धमें जिसका ज्ञान है, वही व्यक्ति ब्रह्मजिज्ञासाका अधिकारी है। जैसे—पहले वेदाध्ययन, वेदाध्ययनके फलस्वरूप कर्मके अनित्य फलका ज्ञान, उसके बाद मुक्तिकी ब्रह्मजिज्ञासा उत्पन्न होती है। कर्ममीमांसा और ब्रह्ममीमांसा—दोनोंका मूल एक ही वेद है। वेदमें प्रथम कर्मकाण्ड और पश्चात् ज्ञानकाण्ड है। अथ च मुक्तिका प्रथम साधन कर्ममीमांसा है। ब्रह्ममीमांसा द्वितीय साधन है। ज्ञान और कर्ममें कार्य-कारण-भाव विद्यमान है। निष्काम कर्मसे चित्तकी शुद्धि होती है। सुतरां ज्ञान कार्य या उत्पाद्य है और कर्म उसका कारण या उत्पादक है।

रामानुजके मतानुसार कहीं भी निर्विशेष वस्तुकी सिद्धि या प्रतीति नहीं होती। यहाँतक सुषुप्ति, मत्तता और मूर्च्छाकालीन अनुभव भी निर्विशेषमें नहीं होता। वह भी सविशेष ही है। यहाँतक कि शब्द और शास्त्र भी निर्विशेष वस्तुका प्रतिपादन नहीं कर सकते; क्योंकि शब्द और पद वाक्यरूपमें परिणत होकर ही अर्थबोधक होते हैं। अथ च शब्द सगुण—सविशेष वस्तुके प्रतिपादनमें ही समर्थ हैं; क्योंकि पद प्रकृति और प्रत्ययके योगसे सिद्ध होता है। प्रकृति और प्रत्यय एक नहीं हैं। यही कारण है कि कोई भी विशिष्टार्थके प्रतिपादनका परित्याग नहीं कर सकता है। अर्थभेदके कारण पद-पार्थक्य होता है। अथ च निर्विशेष वस्तुका प्रतिपादन करना शब्दकी सामर्थ्यसे बाहर है।

आचार्य शङ्करके मतानुसार निर्विशेष चिन्मात्र ब्रह्म ही प्रतिपाद्य है। एक अद्वितीय ब्रह्म ही तत्त्व है। श्रुति निषेधमुखसे ही उसका प्रतिपादन करती है। उसका इदमित्थं या इदन्तया प्रतिपादन नहीं किया जा सकता। कारण, वह अवाङ्मनसगोचर है। वह प्रत्यगात्मस्वरूप है। ब्रह्म ज्ञानकी वस्तु नहीं है। ज्ञानके विषय जड पदार्थ हैं। ज्ञान प्रकाशक है और जड दृश्य—प्रकाश्य। यदि ब्रह्म ज्ञानका विषय हो तब तो वह भी दृश्य हो जाता है और दृश्य होते ही वह जड हो जायगा। अथ च ब्रह्मका जडत्व स्वीकार नहीं किया जा सकता।

शङ्करके मतसे ब्रह्मका गुणमय भाव मायिक है—निर्गुण-भाव ही पारमार्थिक है। ब्रह्मको सगुण और ज्ञानका विषयी-भूत स्वीकार करते ही ब्रह्म मूर्त वस्तु बन जाता है और मूर्त वस्तुका परिणाम अनिवार्य विनाश है; अतएव ब्रह्म निर्गुण है।

इसके उत्तरमें रामानुजका तर्क है कि ब्रह्म या पुरुषोत्तम प्रतिपाद्य और शास्त्र प्रतिपादक है। शास्त्र सगुण और सविशेष ब्रह्मका ही प्रतिपादन करता है। निर्विशेष वस्तुकी प्रतिपत्ति (या प्रपत्ति) असम्भव है। साथ ही अनुमानादिकी सहायतासे ब्रह्मका निर्णय नहीं किया जा सकता।

ईश्वर सम्पूर्ण जगत्‌का निमित्त और उपादान-कारण है। यह कारण न तो अविद्या-कर्मनिबन्धन है और न परनियोग-मूलक। यह स्वेच्छाजन्य है। सृष्टिका प्रयोजन केवल लीला है। आचार्य रामानुजके मतानुसार ब्रह्म सविशेष और सगुण है। माया ब्रह्मकी शक्ति है। जीव और जगत् दोनों उसके शरीर हैं और दोनों ही नित्य हैं। ब्रह्मके गुणोंकी इयत्ता नहीं और न उसमें कोई दोष है। वही सृष्टिकर्ता है—वही कर्मफलदाता है। वही नियन्ता है—वही सर्वान्तर्यामी है। प्रकृति पुरुषसे भिन्न है। तद्विशिष्ट परब्रह्म नारायण ही पुरुषोत्तम है। शिव प्रभृति पुरुषोत्तम या परब्रह्म नहीं हैं। परंतु शङ्करके मतमें शिव ही परब्रह्म है।

आचार्य रामानुजके मतानुसार अविद्या-निवृत्तिका प्रयोजन है, क्योंकि जीवमें अज्ञान है। उपासनाके बलसे ब्रह्म-साक्षात्कार होनेपर अज्ञान विदूरित हो जाता है। जीव मुक्त होकर भी ईश्वरका दास बना रहता है और वह ईश्वरकी अपार लीलामें आनन्दका उपभोग करता है। ब्रह्मरूपता ही परमानन्दस्वरूपता है। अविद्या शङ्कर और रामानुज दोनोंको मान्य है। शङ्करके मतसे ज्ञान होनेपर अविद्या या अज्ञान लुप्त हो जाता है और रामानुजके मतसे ईश्वरकी उपासनासे

अविद्याका नाश होता है; परंतु शङ्करके मतानुसार अज्ञान ज्ञानका अभाव नहीं, बल्कि वह भाव वस्तु है।

रामानुजका ईश्वर विभु है। विभुका अर्थ है व्यापक। ईश्वरका व्यापकत्व तीन प्रकारका है—स्वरूपतः, धर्मभूत-ज्ञानतः और विग्रहतः। वह अनन्त है। अनन्तका अर्थ त्रिविध परिच्छेदशून्य है। देश, काल और वस्तु ही त्रिविध परिच्छेद हैं।

आचार्य रामानुजके मतानुसार ब्रह्म ही जगत्का सूक्ष्म-रूपमें कारण है। स्थूलरूपमें वह जगत् है। जगत्रूपमें परिणत होते हुए भी वह अविकृत है। जगत् सत् है—मिथ्या नहीं।

जीव ब्रह्मका शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों ही चेतन हैं। ब्रह्म विभु और जीव अणु है। दोनोंमें सजातीय या विजातीय भेद नहीं है। फिर भी स्वगतभेद है। जीव कार्य और ईश्वर कारण है। ब्रह्म पूर्ण और जीव खण्डित (अंश) है। दोनों ही स्वयंप्रकाश हैं।

दोनों चेतन और ज्ञानाश्रय हैं। जीव तीन प्रकारके हैं—बद्ध, मुक्त और नित्य। जिसकी संसारसे निवृत्ति नहीं हुई है, वह बद्ध है। देवता, मनुष्य, तिर्यग्, वनस्पति और अचरादि सभी बद्ध हैं। अविद्या जीवके बन्धनका कारण है। वह बीजाङ्कुरन्यायेन अनादि है। भक्ति या उपासनासे अविद्या-का नाश होता है। भक्तिमार्गमें त्रिवर्णका अधिकार है।

श्रीरामानुजके मतानुसार भगवान्का कैङ्कर्य मिलना ही मुक्ति है। प्राकृत देहके छूट जानेपर अप्राकृत देहसे नारायणके समान उपभोग करना ही मुक्ति है। वैकुण्ठमें श्री, भू, लीला देवियोंके साथ नारायणकी सेवा करना ही परम पुरुषार्थ है। जीव स्वभावतः नित्य है। जीव नित्य दास है—वह नित्य अणु है। वह अणु है—अतएव विभु कभी नहीं हो सकता। मुक्त जीव अपने प्रयोजनवश ही नित्य नैमित्तिक भगवान्की आज्ञाका कैङ्कर्य साधन करता हुआ देहावसानके समय पुण्य और पाप, मित्र और शत्रु—सभीको समर्पण कर देता है।

हाँ, एक बात और है। रामानुज योगशास्त्रपर भी चर्चा करना नहीं भूले हैं। मुक्तिद्वारभूत सुषुम्ना नामकी हृदय-नाड़ीमें प्रविष्ट होकर जीव ब्रह्मरन्ध्र नाड़ीसे उत्क्रमण करता है। हृदयस्थित देवताओंके साथ वह सूर्य-किरणके द्वारा अग्निलोकमें प्रवेश करता है। रास्तेमें दिन, पूर्वपक्ष, (कृष्ण-शुक्ल) उत्तरायण और संवत्सर प्रभृति अभिमानी देवताओंके द्वारा सत्कृत होकर सूर्यमण्डलका भेद करता है। तत्पश्चात् चन्द्र, विद्युत्, वरुण और इन्द्रादि लोकोंका अतिक्रमण करता हुआ वैकुण्ठ-सीमा-परिच्छेदक 'विरजा' उत्तीर्ण होता है। यहाँ आनेपर सूक्ष्म शरीर छूट जाता है। तब मानवीय स्पर्श नहीं रह जाता। वहाँ दिव्य—अप्राकृत देह प्राप्त होती है। चतुर्भुज होकर ब्रह्मालङ्कारोंसे अलङ्कृत इन्द्र और प्रजापति नामके द्वारपालोंकी अनुमतिसे वह वैकुण्ठनगरमें उपनीत होता है। वहाँ पहुँचकर गरुड़ और अनन्तयुक्त ध्वजाओंसे अलङ्कृत—दधि-प्रासादवेष्टित गोलोकमें वह प्रवेश करता है। वहाँ 'ऐरम्मद' नामक सरोवर और 'सोम-सवन' नामक अश्वत्थ वृक्षके दर्शनके उपरान्त अप्सराओंसे अभिनन्दित होता है। अनन्त, गरुड़ और विष्वक्सेन प्रभृतिको प्रणाम करनेके पश्चात् अपने आचार्यगणको प्रणाम करता है। उसके बाद पर्यङ्कके समीप पहुँचाया जाता है। उसी पर्यङ्कपर—धर्म्यादि पीठकमलके ऊपर नानाभरणभूषित, अपरिमित उदार, कल्याण-गुण-गण-सागर, श्री, भू, लीलासेवित भगवान् विराजमान हैं।

श्रीशङ्करके मतानुसार उत्क्रान्ति-गति-वर्जित ब्रह्मस्वरूपता ही मुक्ति है। अविद्याका अस्त होना ही मोक्ष है। शङ्कर जीवन्मुक्तिको स्वीकार करते हैं। उनके मतसे मुक्ति क्रिया-साध्य नहीं—आत्मा नित्य मुक्त है। केवल अज्ञानका नाश होते ही मुक्त आत्मा अपने स्वरूपमें प्रकाशित होता है। मुक्ति आप्य है—संस्कार्य, उत्पाद्य या विकार्य नहीं।

उन्होंने सबल युक्तियोंसे जीवन्मुक्तिका प्रतिपादन किया है; परंतु रामानुजने उसका खण्डन किया है। उनका मत है कि मुक्तावस्थामें भी जीव ब्रह्मका दास ही है; क्योंकि एक ईश है, दूसरा अनीश। एक असीम है—दूसरा ससीम। एक प्राज्ञ है—दूसरा अज्ञ। जिस प्रकार स्फुलिङ्ग (चिनगारी) अग्निका अंश है, उसी प्रकार जीव भी ब्रह्मका अंश है। अतएव जीव और ब्रह्ममें अंशांशिभाव या विशेषण-विशेष्य-भाव है।

रामानुजका 'तत्त्वमसि' भी इस प्रसङ्गमें उल्लेखनीय है। उनके मतानुसार 'तत्त्वमसि' वाक्य जीव और ब्रह्मका अभिन्नताबोधक नहीं है; किंतु आचार्य शङ्करके मतानुसार 'तत्त्वमसि' वाक्य सामानाधिकरण्यके बलसे निर्विशेष ब्रह्मात्मैक्यपर है। रामानुजने सामानाधिकरण्यको स्वीकार किया है। पर साथ ही यह बतलाया है कि 'तत्' और 'त्वम्' सविशेष ब्रह्मपरक है। 'त्वम्' पदार्थका साधारणतः जीवको ही प्रतीक

माना जाता है। पर 'विशिष्टाद्वैत' में 'त्वम्'का अर्थ है विशिष्ट जीव—शरीरवाला ब्रह्म। 'तत्' पदसे सर्वज्ञ, सत्सङ्कल्प और जगत्कारण ईश्वरसे ही अभिप्राय है। साथ ही विशेषण-विशेष्य-भावापन्न 'त्वम्' पद भी जडसहकृत जीव-शरीरधारी ब्रह्मका ही बोधक है। कारण, विभिन्न पदार्थोंकी एकार्थबोधकता ही सामानाधिकरण्य है। 'तत्' और 'त्वम्'—पदोंमें यदि प्रकारगत भेद स्वीकार न किया जाय, तब तो शब्द-व्यवहारमें जो प्रधान कारण है, वह प्रवृत्ति-निमित्तमें प्रभेद न रहनेसे दोनों ही पदोंका सामानाधिकरण्य छोड़ना होगा। पक्षान्तरमें दोनों पदोंका मुख्यार्थ बाधित होनेके कारण गौणार्थकी भी लक्षणा या कल्पना करनी पड़ेगी; किंतु मुख्यार्थ सम्भव हो तो लक्षणा दोषावह हो जाती है।

आचार्य रामानुजने शङ्कराचार्यके—'सोऽयं देवदत्तः'—वह देवदत्त यही है—का इस प्रकार खण्डन किया है। कहा है कि यहाँ लक्षणा करनेकी कुछ आवश्यकता ही नहीं। कारण, एक ही देवदत्तमें अतीत और वर्तमानकालकी प्रतीतिमें कुछ भी विरोध नहीं है। भिन्न देशोंमें अवस्थितिसे भी ऐक्य-प्रतीतिमें बाधा नहीं पड़ती। कारण, एक ही व्यक्ति विभिन्न समयमें—विभिन्न स्थानमें बिना किसी बाधाके रह सकता है। विशेषतः 'तत्' शब्दका निर्विशेषत्व-अर्थ ग्रहण कर लेनेपर जिस उपक्रममें 'तदैच्छत्, बहु स्याम्' श्रुतिमें प्रयुक्त हुए हैं, उनके साथ भी विरोध घटित होता है। यहाँतक कि 'एकविज्ञाने सर्वविज्ञानम्'-जैसी प्रतिज्ञा भी नहीं टिक सकती। अतएव रामानुजके मतसे 'तत्' और 'त्वम्' इन पदोंसे जीव जिसका शरीर है और जो जगत्का कारण है, उसीका बोध होता है।

परंतु आचार्य शङ्करका कहना है कि 'सोऽयं देवदत्तः' अर्थात् यह वही देवदत्त है—ऐसा कहनेपर लक्षणाके बिना तो इस वाक्यका अर्थ ही नहीं सङ्गत होता। कारण, 'तत्' शब्दका साधारण अर्थ अतीतकालीन इन्द्रियोंका अगोचर कोई पदार्थ है और 'अयम्' शब्दका अर्थ वर्तमान और नेत्रादि इन्द्रियोंका ग्राह्य पदार्थ है। जो इन्द्रियोंद्वारा अग्राह्य और अतीत है, वही फिर इन्द्रियग्राह्य और वर्तमान किस तरह रह सकता है? फलतः एक ही पदार्थ, एक ही समयमें कभी अतीत और कभी वर्तमान रह ही नहीं सकता।

अतएव 'सः अयम्' वाक्योक्त सामानाधिकरण्यमें विरोध पड़ता है। अथ च 'सः' और 'अयम्' पदोंका मुख्य अर्थ परोक्षत्व, अपरोक्षत्व आदि विशेष-विशेष धर्मोंको छोड़कर केवल देवदत्तरूपी एकमात्र विशेष्यरूप अर्थमें लक्षणा करनी पड़ती है। अतएव 'तत्त्वमसि' वाक्यमें भी उसी प्रकार 'तत्' और 'त्वम्' पदोंके विरोधी अंशोंको छोड़कर केवल एक निर्विशेष चैतन्य आत्मामें लक्षणा करनेसे ही विरोधका परिहार हो सकता है।

जीव-पक्षमें ईश्वरकी शरणागति और ईश्वर-पक्षमें जीवके प्रति 'अहैतुकी' कृपा है—ये श्रीरामानुजके दर्शनमें दो सबसे बड़ी खूबियाँ हैं। जीवके शुद्धसत्त्व, मिश्रसत्त्व और सत्त्वशून्य—ये तीन भेद हैं। शुद्धसत्त्वमें रजोगुण और तमोगुणका लेश भी नहीं रहता। मिश्रसत्त्व रजोगुण और तमोगुणसे मिश्रित रहता है और यही सृष्टिका उपादानकारण है। सत्त्वशून्य तत्त्वको ही 'काल' कहते हैं।

न्यासविद्या रामानुजके शब्दमें प्रपत्ति है। आनुकूल्यका सङ्कल्प और प्रातिकूल्यका वर्जन ही प्रपत्ति है। संक्षेपमें भगवान्को आत्मसमर्पण करना ही प्रपत्ति है। उनके 'गद्यत्रय' में इसपर यथेष्ट प्रकाश डाला गया है। साथ ही इसमें शरणापत्तिके विषय भी प्रतिपादित हुए हैं। आत्मनिवेदनका भाव इसमें सर्वत्र परिस्फुटित—ओतप्रोत है। श्रीरामानुजकी भक्तिमें भावुकता अधिक है।

शङ्करके मतानुसार मायावादकी प्रधानता सर्वोपरि है। रामानुजके मतानुसार शङ्करकी माया या अविद्या एक कल्पनामात्र है और यह कल्पना सात प्रकारसे अनुपपन्न की गयी है। शङ्करके मतानुसार अविद्या सत् भी हो सकती है। कारण, सत्पदार्थकी कोई भी बाधा नहीं हो सकती; किंतु अविद्या या अज्ञानकी बाधा ज्ञानोदय है। अतएव अविद्याको सत् (Existing) क्योंकर कहा जा सकता है?

फिर भी अविद्याको असत् कैसे कहा जाय? कारण, असत् वस्तु प्रत्यक्ष नहीं होती। जैसे—आकाशकुसुम, वन्ध्यापुत्र और शशक-शृङ्ग। विशेषतः जिसका अस्तित्व था ही नहीं, उसकी बाधा कैसी? जिसकी सत्ता है, अवस्थाभेदसे उसकी बाधा हो सकती है। अविद्याकी जब प्रतीति होती है, तब वह नहीं है, ऐसा नहीं कहा जा सकता।

श्रीरामानुजने शङ्कराचार्यके अनिर्वचनीयतावादका खण्डन किया है। श्रीशङ्करके मतसे सदसद्-विलक्षण होनेके कारण ही माया अनिर्वचनीय है। कारण, सीपमें चाँदीका भ्रम होता है और वहाँ सचमुच ही चाँदीकी तत्काल सृष्टि हो जाती है। शुक्ति-अविच्छिन्न जो चैतन्य है, वही चैतन्यनिष्ठ है और जो

अज्ञान है, वही अज्ञान रजतका उपादान और शुक्ति उसका अधिष्ठान या आश्रय है। यह रजत 'प्रातिभासिक' और अनिर्वचनीय है।

इसपर श्रीरामानुजका तर्क है कि अनिर्वचनीयता युक्ति-युक्त नहीं हो सकती। कारण, एक वस्तुकी अन्य आकारमें प्रतीति ही भ्रम है। इस प्रकारका भ्रम तो अनिर्वचनीयतावादियों-को भी मानना पड़ेगा। शुक्तिमें उत्पन्न प्रतीतिको, जो इस तरहका भ्रम स्वीकार कर लिया जायगा—जब कि पूर्वोक्त प्रतीति, प्रवृत्ति और बाध-व्यवहारादि सङ्गत हो सकते हैं—तो अनुभवविरुद्ध और प्रत्यक्षादिके प्रमाणोंसे अग्राह्य अनिर्वचनीयताको स्वीकार करनेकी आवश्यकता ही क्या है? विशेषतः वह रजत, जो अनिर्वचनीय है, लोकप्रसिद्ध रजतसे सर्वथा भिन्न है, ऐसा तो कोई भी दर्शक उस समय अनुभव नहीं कर पाता। यदि ऐसी अनुभूति हो सकती तो यह भ्रम ही किस प्रकार हो सकता था? अथ च कहना पड़ता है कि वास्तवमें सीप ही मिथ्या चाँदीके रूपमें प्रकाशित होती है। अतएव अनिर्वचनीयतावाद अयौक्तिक और अश्रौत है।

साथ ही श्रीरामानुजने इस प्रकरणमें असत् ख्याति—माध्यमिक बौद्धोंकी, आत्मख्याति—योगाचार बौद्धोंकी, अख्याति—प्रभाकरनामक पूर्वमीमांसककी, अन्यथाख्याति नैयायिकोंकी—का खण्डन किया है। उनके मतमें निर्विकल्पक ज्ञान न्याय, शाङ्करमत, सांख्य और पातञ्जल मतसे पृथक् है। न्यायके अनुसार निर्विकल्पक ज्ञान विशेष्य-विशेषण-भावरहित वस्तु-स्वरूपमात्र ज्ञान है। शङ्करका मत भी प्रायः वैसा ही है। पातञ्जलकी असम्प्रज्ञात समाधिमें निरवलम्ब स्वरूपमात्रनिष्ठ ज्ञानका उदय होता है; परंतु रामानुजके मतानुसार निर्विकल्पक ज्ञान सविकल्पक ज्ञानका आश्रित है। निर्विकल्पक विषयमें प्रत्यक्ष ज्ञान तो हो ही नहीं सकता।

नाथ-भागवत

(लेखक—श्रीवि० हर्षे एम्० ए०, 'साहित्य-विशारद')

संतशिरोमणि एकनाथजीका लिखा हुआ 'नाथ-भागवत' मराठीके धार्मिक साहित्यका एक अमर ग्रन्थ-रत्न है। यह श्रीमद्भागवतके एकादश स्कन्धकी एक विस्तृत टीकाके रूपमें है। श्रीमद्भागवतके प्रथम दस स्कन्धोंतक चला आता हुआ कथा-सूत्र एकादश स्कन्धमें लुप्त-सा हो जाता है। इस स्कन्धमें केवल अध्यात्म-चर्चाको ही स्थान दिया गया है। इसमें परमार्थके विविध अङ्गोपाङ्गोंका जो विस्तृत विवरण है, कदाचित् उसीके कारण श्रीएकनाथजीकी अध्यात्म-प्रवण बुद्धिको इस स्कन्धमें अनुपम माधुरी दीख पड़ी होगी और सम्भवतः इसीलिये अपने प्रवचनके लिये उन्होंने इस स्कन्ध-का चुनाव किया होगा। इसमें कुल ३२ अध्याय हैं। इन अध्यायोंके प्रत्येक श्लोकपर श्रीएकनाथजीने मराठीमें विस्तृत टीका लिखी है। टीका पद्यबद्ध है। सम्पूर्ण ग्रन्थकी छन्द-संख्या १८००० के ऊपर है। इसीसे ग्रन्थ-विस्तारकी कल्पना की जा सकती है। दूसरी बात यह है कि इस ग्रन्थमें कई छन्द ऐसे भी हैं, जिनका अर्थ पूर्णरूपसे समझने-समझानेके लिये विवेचनात्मक व्याख्याकी आवश्यकता पड़ जाती है। अतः अर्थबोधकी दृष्टिसे ग्रन्थका विस्तार और भी अधिक हो जाता है। इस द्विविध विस्तार और भाषाकी क्लिष्टताके कारण सहस्रों अध्यात्मप्रेमी इस ग्रन्थकी माधुरीका आस्वाद नहीं ले सकते। इसीलिये नाथ-भागवतका सारांश एक लेख-मालामें देनेका विचार है। यद्यपि ऐसी इच्छा करना बौनेका आकाश छूना है; और जिस ग्रन्थको समझनेके लिये विस्तृत टीकाकी आवश्यकता है, उसीको संक्षिप्त करके छोटा बनाना उल्टी गङ्गा बहाना है, तथापि जिस प्रकार परम पावनी श्रीगङ्गाजी-का थोड़ा-सा भी जल समस्त पाप-ताप-नाशनमें समर्थ है, उसी प्रकार नाथ-भागवतका सारांश भी परम कल्याणमय होगा।

अपनी टीकामें श्रीएकनाथजीने संस्कृत-श्लोकोंका केवल अनुवाद ही नहीं किया है। कुछका अनुवाद, कुछका विस्तार और कई स्थानोंपर परिवर्तन भी किया है। जहाँ मूल श्लोकों-का केवल अनुवाद है, उन स्थानोंपर प्रस्तुत लेख-मालामें विशेष प्रकाश नहीं डाला जायगा, क्योंकि उन्हें तो हिंदी-टीकाद्वारा हिंदी-भाषी जान सकते हैं; किंतु श्रीएकनाथजीने जिन आध्यात्मिक सिद्धान्तोंका वैशिष्ट्यपूर्ण प्रतिपादन किया है तथा जिन सिद्धान्तोंको उन्होंने व्यावहारिक दृष्टान्तोंद्वारा हृदयङ्गम करनेके योग्य बना दिया है, उन्हीं सिद्धान्तोंका यहाँपर संक्षेपमें सारांश दिया गया है। आज इस प्रथम लेखमें एकादश स्कन्धके प्रथम पाँच अध्यायोंकी चर्चा की जाती है।

एकादश स्कन्धके प्रथम पाँच अध्यायोंका मुख्य विषय नारदकथित 'जनक और नौ ऋषियोंका संवाद' है। एक बार महामुनि नारदजी भगवान् श्रीकृष्णके पिता वसुदेवजीके यहाँ

गये। वसुदेवजीने उनका यथोचित स्वागत-सत्कार किया। उनकी पूजा करनेके बाद वसुदेवजीने उनसे प्रार्थना की, 'हे मुनीश्वर! जिन धर्मोंके आचरणका सहारा लेकर मनुष्य समस्त भयोंसे मुक्त हो जाता है, उन धर्मोंका उपदेश आप हमें कीजिये।' वसुदेवजीके इस प्रश्नका साङ्गोपाङ्ग उत्तर देनेके उद्देश्यसे नारदजीने उन्हें उस संवादका वृत्तान्त सुनाया जो राजा जनकका नौ ऋषियोंके साथ एक यज्ञ-सत्रमें हुआ था। इस संवादमें राजा जनकने उन नौ ऋषियोंसे अध्यात्मविषयक नौ प्रश्न पूछे थे, जिनके उत्तर ऋषियोंने दिये थे। इन प्रश्नोत्तरोंमें एक प्रकारसे समस्त अध्यात्म-शास्त्रका सार आ जाता है। इसीलिये श्रीएकनाथजीने समूचे एकादश स्कन्धमें इस पञ्चाध्यायीको परमोच्च स्थान दिया है। उनका कहना है कि ये पाँच अध्याय ही एकादश स्कन्धके पञ्च-प्राण हैं, और भगवद्भक्तोंको उपदेशामृत पिलानेके लिये ही इनका आविर्भाव हुआ है। एकादश स्कन्धरूपी सुहावनी वसंत ऋतुमें यह पञ्चाध्यायी कोयलका मधुर पञ्चम स्वर है और पाठकगण अलिकुलके समान हैं। इस प्रकारके काव्यात्मक वर्णनके अनन्तर श्रीएकनाथजी कहते हैं कि जो इस जनक-नौ ऋषि-संवादका अध्ययन करके उसका रहस्य समझ लेगा, उसका अन्तःकरण विशुद्ध हो जायगा, उसका जीव-ईश्वर-भेद नष्ट हो जायगा एवं आत्मज्ञानके प्रकाशसे वह आनन्दमय परब्रह्मस्वरूप बन जायगा। इस दृष्टिसे श्रीएकनाथजीने इन पाँच अध्यायोंका सावधान चित्तसे अध्ययन करनेका आदेश किया है।

राजा जनकने नौ ऋषियोंसे निम्नाङ्कित नौ प्रश्न पूछे थे।

१. भागवत-धर्म कौन-सा है?
२. भागवतोंके लक्षण क्या हैं?
३. माया क्या है?
४. मायासे छूटनेका क्या उपाय है?
५. ब्रह्म क्या है?
६. कर्मयोग क्या है?
७. परमेश्वरके अवतार-चरित्र कितने हैं?
८. अभक्तोंकी गति कौन-सी है?
९. किस युगमें, किस नाम-रूप-वर्ण-आकारके ईश्वरका किस प्रकार पूजन करना चाहिये।

मूल भागवतके एकादश स्कन्धमें इन प्रश्नोंके उत्तर संक्षेपमें इस प्रकार हैं—

प्रश्न १—भागवत-धर्म कौन-सा है?

इस प्रश्नका उत्तर उन नौ ऋषियोंमेंसे 'कवि'नामक ऋषिने इस प्रकार दिया—

जिस धर्मके आचरणसे मायाग्रसित मनुष्यको आत्मज्ञान हो जाता है, वही भागवत-धर्म है। इस धर्मके सहारे आँखें बंद करके भी चलनेसे मनुष्यका पतन नहीं होता। मायाके कारण द्वन्द्वाभासकी उत्पत्ति होती है। इस मायाको लाँघकर निर्द्वन्द्व स्थितिमें पहुँचनेके लिये ईश्वरार्पण-बुद्धिसे कर्म करना तथा ईश्वर-भक्ति करना ही भागवत-धर्मका आचरण करना है। भक्तिसे ईश्वर-प्रीति बढ़ती है एवं पञ्चमहाभूतात्मक इस विश्वमें ईश्वरका रूप प्रकट होता है। भक्तिकी परिपक्व दशामें साधकको भक्ति-ज्ञान-वैराग्य एक साथ ही प्राप्त होते हैं। अन्तमें ईश्वर और भक्त एकरूप हो जाते हैं। यह भागवत-धर्मका स्वरूप है।

प्रश्न २—भागवतोंके लक्षण क्या हैं?

इस प्रश्नका उत्तर द्वितीय ऋषि 'हरि'ने इस प्रकार दिया—

जो भक्त जन्म-मरण, क्षुधा-तृषा, अहंभाव आदि मायोत्पादित विकारोंसे पूर्णतया मुक्त है, जो सारे कर्म निष्काम बुद्धिसे करता है, जो सर्वत्र परमेश्वरका स्वरूप देखता है एवं जो विषयभोगोंसे अलिप्त है वह भागवतोत्तम कहलाता है। उसमें देहात्मबुद्धि नहीं रहती। उसका जाति-वर्ण-वैभव-ज्ञान आदिका अभिमान नष्ट हो जाता है। त्रिभुवनकी सम्पत्तिके लिये भी उसका चित्त भगवत्स्मरणसे विचलित नहीं होता। परम भक्तिरूपी रज्जुसे वह ईश्वरको बाँध लेता है। परमेश्वरकी पादकिरणोंकी चन्द्रिकासे उसके काम-क्रोधादि सब तम-ताप नष्ट हो जाते हैं।

प्रश्न ३—माया क्या है?

इस प्रश्नका उत्तर ऋषि अन्तरिक्षने इस प्रकार दिया—

अव्यक्त परब्रह्मसे पञ्चमहाभूत, पञ्चधातु, त्रिगुण आदि-की और इनसे दृश्य-जगत्‌की उत्पत्ति होती है। उसके पश्चात् आत्माभिमानके कारण काम्य-कर्म करनेवाला जीव जन्म-मरणके चक्करमें पड़ता है। यही माया है। इसी प्रकार यह दृश्य, साकार सगुण जगत् विपरीत क्रमसे पुनः अव्यक्त परब्रह्ममें विलीन हो जाता है। ब्रह्माण्डकी इन अवस्थाओंकी कारणभूत शक्ति ही माया है।

प्रश्न ४—मायासे छूटनेके क्या उपाय हैं?

इस प्रश्नका उत्तर प्रबुद्ध ऋषिने इस प्रकार दिया—

जो मायाके ऊपर विजय प्राप्त करना चाहता है, उसे अपने मनमें गृह, अपत्य, पशु आदि ऐहिक विषयोंके प्रति अनासक्ति उत्पन्न करनी चाहिये। उसके बाद उसे

शाब्दिक ज्ञान एवं स्वसंवेद्य विज्ञानमें निष्णात सद्गुरुकी शरणमें जाना चाहिये और उनसे भागवत-धर्मोंका ज्ञान प्राप्त करना चाहिये । शौच, तप, तितिक्षा, मौन, स्वाध्याय आदि यम-नियमोंसे अपना अन्तःकरण शुद्ध कर लेना चाहिये । इसके पश्चात् समस्त कर्मोंको ईश्वरार्पण करना, ईश्वरके प्रति अनन्य प्रीति, ईश्वर-भक्ति तथा आत्मानुभूति आदिके द्वारा सर्वत्र ईश्वरके रूपका साक्षात्कार करना चाहिये । इस प्रकार साधक सहजमें ही मायासे मुक्त हो सकता है ।

प्रश्न ५—ब्रह्म क्या है ?

इस प्रश्नका उत्तर ऋषि पिप्पलायनने इस प्रकार दिया—

जो स्थिति, उद्भव और प्रलयका कारण है, जो मन-बुद्धि आदि इन्द्रियोंसे परे है, जो वाणीका विषय नहीं हो सकता, जो प्राणका भी आधार है एवं जो जन्म-मरण आदि विकारोंसे अलिप्त रहता है, वह ब्रह्म है तथा वही सबका मूल-तत्त्व है । वह सबमें है और सब उसमें हैं ।

प्रश्न ६—कर्मयोग क्या है ?

इस प्रश्नका उत्तर ऋषि आविर्होत्रने इस प्रकार दिया—

निःसङ्ग होकर तथा कर्मफलकी इच्छा न करते हुए वेदोक्त कर्म करना कर्मयोग है । वेदोक्त कर्मका त्याग करना दोषार्ह है । अतः ईश्वरप्राप्तिके लिये उसकी विधिपूर्वक अर्चा करके तथा ध्येयमूर्तिसे तदाकार होकर मोक्ष प्राप्त करना चाहिये । इसे नैष्कर्म्य कहते हैं और यही कर्मयोग है ।

प्रश्न ७—परमेश्वरके अवतार-चरित्र कितने हैं ?

इस प्रश्नका उत्तर मुनि द्रुमिलने इस प्रकार दिया—

परमेश्वरके गुणकर्मोंकी गणना करना धूलिकणोंकी गणना करनेके समान असम्भव है । तो भी यह कहा जा सकता है कि ईश्वरने इस ब्रह्माण्डकी सृष्टि रजोगुणसे की । उसकी रक्षा वह सत्त्वगुणसे करता है और उसका नाश तमोगुणसे करता है । ईश्वरके प्रथमावतारोंमें मुनि नारायणकी गणना की जाती है । इन्द्रप्रेषित अप्सराओंके मोह-जालमें न फँसकर उन्होंने अपने वैराग्यकी रक्षा की । उसके बाद हंसावतारमें ईश्वरने आत्मज्ञानका उपदेश किया । तत्पश्चात् मत्स्य, कूर्म, वामन आदि अवतार हुए । उनमें श्रीरामचन्द्रजी-का अवतार मुख्य है । इस समय श्रीकृष्णावतार चल रहा है ।

प्रश्न ८—अभक्तोंकी गति कौन-सी है ?

इस प्रश्नका उत्तर मुनि चमसने इस प्रकार दिया—

जो परमेश्वरको सबका कर्ता नहीं मानते, जो ज्ञानाभिमान-के कारण ईश्वर-सेवासे विमुख रहते हैं तथा जो स्तैण एवं कामी हैं, वे अभक्त कहलाते हैं । ज्ञान, विभूति, त्याग आदिमें अपनेसे जो श्रेष्ठ हैं, उन भगवद्भक्तोंकी वे अभक्त अवहेलना करते हैं । वे विषयोंका उपभोग करनेमें धार्मिक बन्धनोंका उल्लङ्घन किया करते हैं । इस प्रकार धर्मसे विमुख होनेके कारण उन्हें मानसिक शान्ति कभी नहीं मिलती । धीरे-धीरे ऐहिक सुखभोगोंसे भी वे वञ्चित हो जाते हैं । अन्तमें मायारूपी अन्धकारमें वे सदाके लिये डूब जाते हैं ।

प्रश्न ९—किस युगमें, किस नाम-रूप-वर्ण-आकारके ईश्वरका किस प्रकार पूजन करना चाहिये ?

इस प्रश्नका उत्तर ऋषि करभाजनने इस प्रकार दिया—

कृतयुगके निर्वैर, शान्त, वल्कलधारी, श्वेतवर्णमय ईश्वरको हंस, सुपर्ण आदि नामोंसे पुकारते हैं तथा शम, दम आदि तपसे उसका अर्चन करते हैं । त्रेतायुगके सर्वत्र ईश्वरका स्वरूप देखनेवाले, ब्रह्मवादी, स्रुक्-स्रुवा धारण करनेवाले, रक्तवर्ण परमेश्वरको विष्णुयज्ञ आदि नामोंसे पहचानते हैं और विद्याके द्वारा उसका अर्चन करते हैं । द्वापरयुगके जिज्ञासु, मर्त्यनिवासी, श्रीवत्सलाञ्छनधारी, पीतवसन, श्यामवर्ण ईश्वरको नारायण, पुरुष आदि नामोंसे जानते हैं तथा वेदमन्त्रोंसे उसका अर्चन करते हैं । कलियुगमें बुद्धिमान् मनुष्य कृष्णवर्ण श्रीकृष्णचन्द्र एवं श्रीरामचन्द्रजीको नाम-सङ्कीर्तनद्वारा पूजते हैं । कलियुगमें नाम-सङ्कीर्तन ही एकमात्र पर्याप्त साधन है । यही कारण है कि अन्य युगवाले जीव कलियुगमें जन्म लेनेकी इच्छा करते हैं ।

एकादश स्कन्धके मूल पञ्चाध्यायीका संक्षेपमें यही सारांश है । अब उसीकी श्रीएकनाथजीकृत मराठी टीका 'नाथ-भागवत' की व्याख्या देखिये ।

ग्रन्थके आरम्भमें श्रीएकनाथजीने गणेश प्रभृति देव, सद्गुरु, पूर्ववर्ती साहित्याचार्य एवं अपने पूज्य पूर्वज आदिको नमन किया है । इसके पश्चात् उन्होंने उस घटनाका वर्णन किया, जिसके कारण वे ग्रन्थ-रचनाके लिये उद्यत हुए । उन्होंने लिखा है—'एक बार साधुवृन्दने मुझसे कहा कि पुराणोंमें भागवत सबसे श्रेष्ठ है । उसमें भी श्रीकृष्ण-उद्धव-संवाद तो बहुत ही मनोहर है । उस कथाको हमें सुनाओ । हमें हरि-कथा-श्रवणकी चाह तो पहलेसे ही थी । अब तेरे-जैसा रसिक वक्ता मिल गया तो मानो दूधमें शक्कर मिल गयी । संतोंके इन कृपापूर्ण वचनोंको सुनते ही मैं फूला नहीं समाया और उसी प्रकार हर्षित हुआ जिस प्रकार मेघ-

गर्जनसे मयूर अथवा चन्द्रमाको देखकर चकोर हर्षित होता है। योग्य न होते हुए भी मैंने संतोंके प्रोत्साहन एवं सद्गुरु पूज्यपाद श्रीजनार्दन स्वामीजीकी कृपासे ग्रन्थ आरम्भ कर दिया, जो भगवत्कृपासे पूरा भी हो गया।'

श्रीएकनाथजीने इस प्रकारकी विनययुक्त भूमिका लिखी है। इसके पश्चात् उन्होंने भाषाके प्रश्नको उठाया है। आध्यात्मिक ग्रन्थकी रचना प्राकृत भाषामें करना तत्कालीन विचारधाराके सर्वथा विरुद्ध था; किंतु उन्होंने इसका खण्डन करके प्राकृत भाषाका सबल समर्थन किया है। उन्होंने लिखा है, 'संस्कृतमें ग्रन्थ-रचना करनेवाले यदि महाकवि बन सकते हैं तो प्राकृत-भाषामें कविता करनेवाले महाकवि क्यों नहीं हो सकते? स्वर्णका पुष्प नया हो या पुराना, उसके मूल्यमें अन्तर नहीं पड़ सकता। कपिला धेनुका दूध 'दूध' कहलायेगा और दूसरी गायोंका दूध क्या 'पानी' कहलायगा? जो तत्त्वज्ञान संस्कृतमें लिखनेसे पवित्र रहता है, वह दूसरी भाषामें लिखनेसे अपवित्र कैसे हो जायगा? प्राकृत भाषाओंमें प्रादेशिक रूपके कारण शब्दों या पदोंमें भले ही कुछ अन्तर हो जाय; किंतु इस भाषा-भेदके कारण राम-कृष्ण आदि परम पावन विभूतियोंमें तो अन्तर नहीं पड़ सकता? हरि-कथा किसी भी भाषामें हो, वह परम पावन होगी। हरि-कथाके लिये जिस किसी भाषाका उपयोग किया जायगा, वह संस्कृत हो या अन्य कोई भाषा, उसी भाषाके साधनसे सत्यके आविष्कारका कार्य ही होगा।

इतनी प्रस्तावनाके बाद श्रीएकनाथजीने प्रथम अध्यायमें साम्बका स्त्रीवेष, ऋषियोंका शाप, यादवकुलका नाश एवं श्रीकृष्ण-निर्याण आदि घटनाओंका वर्णन किया है। तत्पश्चात् लोकोद्धारके लिये अपनी कीर्ति जगत्में रखकर श्रीकृष्णके स्वधाम पधारनेके अनन्तर प्रथम अध्याय समाप्त होता है। मुख्य विषयका प्रारम्भ द्वितीय अध्यायसे होता है। दूसरेसे पाँचवें अध्यायतक श्रीएकनाथजीने जनक-नौ ऋषि-संवादके प्रश्नोत्तरोंका सविस्तर विवेचन किया है। प्रथम पाँच अध्यायोंका महत्त्वपूर्ण विषय भी यही है। उन नौ प्रश्नोत्तरोंपर श्रीएकनाथजीकी टीकाका सारांश आगे दिया जाता है।

प्रश्न १—भागवत-धर्म कौन-सा है?

भागवत-धर्मकी व्याख्यामें श्रीएकनाथजीने सामान्य मानवकी द्वन्द्वस्थितिसे मुक्त पुरुषकी निर्द्वन्द्व अवस्थातक शास्त्रोक्त धर्मोंके आचरणसे जो उत्क्रान्ति होती है, उसका विस्तृत वर्णन किया है। उनका कहना है कि जो देहमें आत्म-बुद्धि रखता है, उसे सुख कभी नहीं मिल सकता। वह सदा आधि-व्याधिके महार्णवमें डूबा रहेगा। दुःखसागरसे पार होनेका प्रयत्न करनेवाले मनुष्यको विषयलोलुप इन्द्रियों-का दमन करते ही बीतता है। मनके लिये विषयोंका आकर्षण इतना प्रबल है कि उसको वशमें रखना कठिन हो जाता है। आध्यात्मिक साधनामें विषय-सुखोंकी इच्छा सदा बाधक होती है। इन मायिक विषयोंपर विजय प्राप्त करके आत्मज्ञान प्राप्त करनेके लिये यदि कोई मार्ग है तो वह ईश्वरभजन है। माया भी ईश्वरीय शक्ति है, अतः उसे जीतनेके लिये ईश्वरकी कृपा आवश्यक है। इस भव-भयनाशक भगवद्भजनका रहस्य समझनेके लिये सद्गुरुकी कृपा चाहिये, क्योंकि भक्तिभण्डार-की कुंजी उन्हीं सद्गुरुके पास ही है। सद्गुरुकी कृपा प्राप्त होनेपर विषयोंका चिन्तन करनेवाला चञ्चल मन अपनी चञ्चलता खो बैठता है। इस अवस्थामें मन जिन-जिन विषयोंका ध्यान करता है, वे विषय ही भगवद्रूप हो जाते हैं। तब साधकके सब कर्म निष्काम और मोक्षप्रद हो जाते हैं; किंतु जबतक इस प्रकारकी सद्गुरु-कृपा न प्राप्त हो जाय, तबतक भक्तिके मार्गोंका ही अनुसरण करना चाहिये।

श्रीएकनाथजी कहते हैं कि भगवद्भजन अपनी सभी इन्द्रियोंके द्वारा होना चाहिये। मनसे भगवान्का चिन्तन करना, कानोंसे हरि-कथा सुनना, जिह्वासे अहर्निश हरि-कीर्तन करना, हाथोंसे हरि-पूजन करना, पैरोंसे तीर्थ एवं हरि-मन्दिरोंमें जाना तथा नासिकासे भगवत्-निर्माल्यकी सुगन्ध लेना आदि उपायोंसे हरि-कृपा प्राप्त करनी चाहिये। इस प्रकारकी भक्तिसे अन्तःकरणमें प्रभु-प्रीति बढ़ती है। हरि-कथाका मननयुक्त श्रवण करनेसे मनमें अनुपम शान्तिका सञ्चार होता है और लोक-लाज छोड़कर भगवद्भक्त कीर्तना-नन्दमें बेसुध होकर नाचने लगता है। हरि-नामकी परम पावन और मधुर ध्वनिमें निरभिमान होकर वह तल्लीन हो जाता है। इस प्रकार बढ़ते हुए पुण्यके प्रभावसे वह सद्गुरु-की कृपाका अधिकारी हो जाता है। इसके अनन्तर जब वह आत्मज्ञानके भव्य प्राङ्गणमें प्रवेश करता है, तब उसे वहाँ जीव-ईश्वर-सम्मिलन दिखायी पड़ता है। जिस प्रकार बहुत दिनोंसे खोया हुआ बालक अपनी माताको देखते ही उससे चिपककर सिसकने लगता है, उसी प्रकार चिर-विरही जीवका ईश्वरके साथ सम्मिलन देखकर भक्तकी आँखोंसे हर्ष-की अश्रुधारा बहने लगती है। परमात्माके आलिङ्गनसे भक्त-को रोमाञ्च हो जाता है। जिस भक्तिके साधनसे उसे इस अनुपम सुखकी प्रत्यक्षानुभूति मिली, उस भक्तिकी वह मुक्त-कण्ठसे प्रशंसा करता है। उस समय वह समदृष्टि हो जाता है और हैतुक अथवा अहैतुक सभी कर्म भगवान्को अर्पण कर देता है। जिस प्रकार सतरंजकी गोटें राजा, हाथी, ऊँट, प्यादे सब काष्ठ-ही-काष्ठ हैं, उसी प्रकार भगवद्भक्तके सब संकल्प-विकल्प भी भगवद्रूप बन जाते हैं। जाग्रत्, स्वप्न और

सुषुप्ति तीनों अवस्थाओंमें उसका परमात्मानुसन्धान नहीं छूटता। जैसे घरमें दीपक जलानेसे उसका प्रकाश गवाक्ष-द्वारोंसे सभी ओर फैलता है, वैसे ही जब हृदयमें परम ज्योति प्रकाशमान होती है तब उसका प्रकाश भगवद्भक्तकी सभी इन्द्रियोंमें प्रतीत होता है। वह समझ जाता है कि जिसके कारण पुष्पको पुष्पत्व प्राप्त हुआ, उसीके कारण उस पुष्पमें सुगन्ध आयी और तब ज्ञेय, ज्ञाता एवं ज्ञान आदि त्रिपुटी-का नाश हो जाता है। सब कर्मोंका ब्रह्मार्पण होनेसे भागवतों-के सब बन्धन छूट जाते हैं। उसकी बुद्धि आत्मरूप चिन्तन-में निरवधि निमग्न रहनेके योग्य हो जाती है। उसकी लीला ईश्वरकी महापूजा है और उसके निरर्थक शब्द भी ईश्वरकी स्तुति हैं। आत्मस्वरूपके चिन्तनसे ऐसे भक्तोंके हृदयमें प्रतिक्षण आनन्दकी लहरें उठती हैं। जिस प्रकार बीजरूपसे एक होते हुए भी वटवृक्षकी लटकती सोरोंसे दूसरे वटवृक्ष बन जाते हैं, उसी प्रकार यद्यपि मूल-चैतन्यसे ही सरितारूप अनेक धाराएँ निकलती हैं तथापि वे सब भी चैतन्यरूप ही हैं। जिस प्रकार चन्द्रबिम्बमें अमृत बिम्बरूपसे रहता है, उसी प्रकार इस नामरूपभासात्मक जगत्में सर्वव्याप्त ईश्वर-का रूप यह भक्त सभी जगह देखता है। जैसे लवण सागरमें एकरूप होकर रहता है, वैसे ही वह सर्वभूतनिवासी परमात्मा-से अभिन्न रूपसे रहता है। इस प्रकारकी निर्द्वन्द्व स्थिति जिसे प्राप्त हो गयी, उसे भक्ति, विरक्ति तथा भगवत्प्राप्ति एक साथ ही मिल जाती है और वह 'जीवन्मुक्त' अभिधानका पात्र हो जाता है।

प्रश्न २—भागवतोंके क्या लक्षण हैं?

भागवतोंके लक्षण बतलाते हुए श्रीएकनाथजीने विषय-विरक्ति, निरभिमानता, जगदीश्वरैक्यकी भावना एवं प्रीतियुक्त ईश्वरभक्ति—इन चारोंको महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। जिस प्रकार कल्पनाके सरोवरमें स्नान करनेवालेका अन्तर्बाह्य शुष्क ही रहता है, उसी प्रकार सब इन्द्रियोंद्वारा विषयोंका उपभोग करते हुए भी भागवतके मनमें सुख-दुःखका उद्भव नहीं होता। विषयसुखोंकी क्षणभङ्गुरता वह अच्छी तरह जानता है; किंतु साथ-ही-साथ यह भी है कि यदि भागवत विषयोंका उपभोग करता है तो स्वयं विषय ही भगवद्रूप बन जाते हैं। उसकी दृष्टि पड़ते ही दृश्य-वस्तु नारायणरूप हो जाती है। कानोंमें पड़ते ही ध्वनि नारायणरूप हो जाती है। इस प्रकार भागवतके सब विषय नारायणरूप हो जानेसे उसे बाँधनेवाले नहीं होते। विषयोंसे आसक्ति हटते ही जीव और ईश्वरमें भेद दिखानेवाला देहाभिमान नष्ट होने लगता है। उसे यह प्रतीत होने लगता है कि जन्म-मरण तो देहकी उपाधि है। जिस प्रकार अपनी छायाको पालकीमें बिठाकर सुख पहुँचानेकी इच्छा कोई नहीं करता, उसी प्रकार देहके सम्मान या अपमानके विषयमें भागवत सर्वथा निरीह हो जाता है। उसकी देहमें अहंबुद्धि नष्ट हो जाती है। वह समझता है कि स्वर्णको अँगूठीका आकार देनेसे स्वर्ण अँगूठीपनमें विलीन नहीं होता। देह-प्रेम नष्ट होनेसे भक्त ईश्वरसे प्रेम करने लगता है और फिर स्वयं भगवान् उस निरभिमान भक्तकी देख-भाल ऐसे करते हैं, जैसे मा अपने नन्हे बच्चेका सारा भार वहन करती है।

ऐसे भक्तको धीरे-धीरे भगवत्कृपासे निर्द्वन्द्व आत्मतत्त्वका बोध होने लगता है। वह अपनेको सभी भूतोंमें और सभी भूतोंको अपनेमें देखता है। क्षणमात्रके लिये भी वह आत्म-चिन्तनसे विलग नहीं होता। जैसे निशानाथके उदय होनेसे उनकी शीतल चन्द्रिकाके कारण किसी प्रकारका ताप नहीं रह जाता, वैसे ही हृदयाकाशमें परमात्मस्वरूपका उदय होनेसे कामादि ताप भक्तको नहीं सता सकते। इस प्रकारका भगवद्भक्त 'भागवतोत्तम' कहलानेका अधिकारी है। जो अनन्य-भावसे परमेश्वरकी भक्ति करता है, उसकी प्रीतिमें भगवान् बँध जाते हैं। जो प्रेमोल्लासके साथ हरिनामकीर्तनमें मस्त रहता है, उसका सारा भार स्वयं भगवान् अपने सिरपर लेते हैं। भगवान् अत्यन्त करुणापूर्ण हैं। वे भक्तोंके प्रेममें बँध जाते हैं। भगवान्के चरणोंमें जिसकी अनन्य भक्ति है, वही आध्यात्मिक उन्नतिके परमोच्च शिखरतक पहुँच सकता है। अतः वह धन्य है। इस प्रकारका भगवद्भक्त या भागवत सर्वश्रेष्ठ है।

प्रश्न ३—माया क्या है?

मायाका वर्णन करते हुए श्रीएकनाथजीने कहा है कि मायाका वर्णन करना अनुत्पन्न बालककी श्राद्धविधि करनेके समान है, अथवा अश्वशृङ्गसे आकाशको चीरना है, या वन्ध्यापुत्रकी जन्मपत्रिका बनाना है, या मृगमरीचिकाका पान करके प्यास बुझाना है, या वायुको पीसकर आटा बनाना है, अथवा आकाश-कुसुमकी सुगन्ध या निर्गन्धके विषयमें तर्क करना है। ये सब जितने निरर्थक हैं, उतना ही निरर्थक मायाके स्वरूपकी चर्चा करना है, क्योंकि अस्तित्व न होते हुए भी वह भासमान होती है। इस प्रकार यद्यपि मायाका प्रत्यक्ष वर्णन नहीं किया जा सकता तो भी उसकी कल्पना उपलक्षणोंसे की जा सकती है।

इतनी प्रस्तावनाके पश्चात् श्रीएकनाथजीने मायाका आभासकत्व, उसका स्वरूप और कार्य—इन तीनोंकी चर्चा की है। मायाके विषयमें उनका पहला सिद्धान्त यह है कि 'माया आभासात्मक है।' जिस प्रकार आकाशमें नीलिमा दृश्यमान होती है; किंतु खोजनेसे वहाँ तनिक भी नहीं मिलती,

उसी प्रकार सत्यरूप परब्रह्ममें मायाका आभास होता है। अथवा जिस प्रकार देहके साथ मिथ्या छाया रहती है, उसी प्रकार ब्रह्मके साथ मिथ्या माया रहती है। मृगजलकी महानदी किस पर्वतसे निकली है—जैसे यह बताना असम्भव है वैसे ही मायाके उद्गमस्थानका पता लगाना असम्भव है। वह कल्पनाके सहारे बनाया हुआ एक आभासमात्र है। भ्रम मायाका मूल है और भ्रान्ति उसका फल है। यदि मायाको सत्य मानें तो उसका नाश होता है, अतः ऐसा कहना ठीक नहीं। यदि उसे असत्य कहें तो भी ठीक नहीं, क्योंकि वह भासमान होती है। इसलिये यही कहना उचित है कि अज्ञानावस्थामें उसका अस्तित्व है; किंतु ज्ञानावस्थामें उसका अस्तित्व नहीं है। दर्पणमें कोई प्रतिबिम्ब नहीं रहता, उसमें देखनेवाला अपना ही प्रतिबिम्ब देखता है। इसी प्रकार अपने ही संकल्प-विकल्पोंसे उत्पन्न होनेवाली माया एक शक्ति है। शुद्ध ब्रह्ममें कोई विकल्प या द्वन्द्व नहीं है। फिर भी अहंकी जो भावना स्फुरित होती है, वही माया है।

मायाके स्वरूपके पश्चात् श्रीएकनाथजीने मायाके कार्यका वर्णन किया है। वे कहते हैं कि मायाके कारण निर्विकार आत्मतत्त्वकी विस्मृति हो जाती है। देह और मैं—इन दोनोंमें अभिन्नताका अभिमान पैदा हो जाता है। इसी अभिमानके मूलसे अखिल संसारकी उत्पत्ति होती है। इसीलिये जगत्‌की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलयकी कारणभूता शक्ति माया ही है। इन्द्रियाँ और विषय—इन दोनोंमें चराचरव्यापी ईश्वर प्रकाशमान है, तो भी मायाके कारण ही देहात्मबुद्धिसे मनुष्य विषयोंका सेवन करता है। देहाभिमानसे इन्द्रियोंकी विषयासक्ति बढ़ती है तथा आत्मवृत्ति लुप्त होती है। वह देहको ही 'अहं' कहता है। अपने भाई, बन्धु, सम्बन्धी, मित्र आदिको अपनाता है और विषयोंके लिये लालायित रहता है। विषयकामनासे किये हुए कर्मोंमें बन्धन आ जाता है। धर्माधर्म, पाप-पुण्य-आदिके प्रश्न खड़े होते हैं। कर्म और उनके फलोंसे बद्ध होकर वह जन्म-मरणके चक्करमें फँस जाता है। जैसे आँखोंपर पट्टी बँधी होनेसे तेलीका बैल लगातार अपनी वर्तुलाकार-लीकमें घूमता रहता है, वैसे ही विवेकपूर्ण आँखोंपर अज्ञानका परदा डालकर, अपने काम्य-कर्मोंका फल भोगते हुए संसारके विविध सुख-दुःखोंका अनुभव करते-करते बेचारा मानव विकल हो जाता है, परंतु जन्म-मरणके अटल चक्रसे नहीं छूटता। जन्म-मरणकी अनन्त यात्रामें उसे सुख-दुःखोंके आवर्त और मोह-शोकोंकी विकराल गुफाएँ मिलती हैं। अनन्त यातनाओंका अनुभव करके वह निरन्तर कालके भयसे भीत रहता है। इस प्रकार मायाके आक्रमणसे परास्त होकर वह अनन्त जन्मोंतक आत्मज्ञानसे वञ्चित रहता है।

प्रश्न ४—मायासे छूटनेके क्या उपाय हैं ?

मायासे मुक्त होनेकी विधिका वर्णन करते हुए श्रीएकनाथजीने उसे तीन भागोंमें विभक्त किया है—(१) विषय-विरक्ति, (२) सद्गुरुकी शरणागति और (३) भागवत-धर्मोंका आचरण।

विषय-विरक्तिके विषयमें वे लिखते हैं कि जहाँ विषयोंके लिये मन लालायित है, वहाँ विरक्तिका पूर्णतया अभाव ही होगा। उस दशामें मायासे छूटना असम्भव ही है। अतः साधकको पहले समझ लेना चाहिये कि विषय मूलतः नश्वर हैं और उनसे जो सुख मिलता है वह दुःखमूलक और बन्धनकारक है। देह और इन्द्रियाँ जो विषयभोगोंके साधन हैं, दोनों क्षणभङ्गुर हैं। अतः विषय भी वैसे ही होंगे। इतनेपर भी अज्ञानी मनुष्य विषयसुखके लिये, स्त्रीसुखके लिये तथा धनोपार्जनके लिये अविरत श्रम करता है। यहाँतक कि यज्ञादि धार्मिक कृत्य भी स्वर्गके विषय-भोगोंकी इच्छासे करता है। वह इसे समझता है कि बार-बार उन्हीं विषयोंको भोगनेपर भी तृप्ति नहीं होती, फिर भी विषयोंका वास्तविक स्वरूप उसके ध्यानमें नहीं आता। यही मायाकी मोहिनी शक्ति है। वासनामय किसी भी कर्मका फल बन्धनकारक ही होता है। परिणामतः जन्म-मरणके फंदेमें उसे फँसना ही पड़ता है।

अतः साधकको सबसे पहले यह ज्ञान होना चाहिये कि विषयोंमें चिरशान्ति देनेकी शक्ति नहीं है। यदि मिट्टीकी दीवारको जलसे धोवें तो दीवार तो स्वच्छ होगी नहीं, उलटे जल और हाथ मैले होंगे। विषयोंसे सुख पानेकी लालसा कभी पूरी नहीं हो सकती। वेश्या कितना भी साज-शृङ्गार करे, किंतु तो भी उसके निर्भ्रान्त रमणीय सौन्दर्यसे सुखकी उत्पत्ति नहीं होती, वरं धनकी हानि होती है। विषयोंके संगसे मनुष्य अधिकाधिक दुखी होता है। अतः जो लोग सांसारिक अथवा स्वर्गीय विषयभोगोंकी इच्छासे काम्य कर्म करते हैं, वे मायाके फंदेमें फँसे हुए हैं। उनका अमूल्य मानव-जन्म व्यर्थ गया समझिये। इस घोर पतनका कारण है विषयोंका संग। (शेष आगे)

दीनता

(लेखक—पं० श्रीमूलनारायणजी मालवीय)

दीनता, दरिद्रता और निर्धनता इत्यादि ऐसे जितने शब्द हैं, उन सबका प्रायः एक ही अर्थ है। यद्यपि कोषकारोंने नम्रताको भी इसी श्रेणीमें रक्खा है; किंतु मेरे इस लेखका अभिप्राय अर्थहीनता अर्थात् गरीबी है। वास्तवमें दरिद्रता बुरी वस्तु है। देखा गया है गरीबका अपना भी पराया हो जाता है, कहीं उसका आदर नहीं होता। पग-पगपर उसे अपमानित होना पड़ता है। निर्धनका जीवन कष्टमय होता है। 'कष्टं निर्धनजीवनम्', 'सर्वशून्यं दरिद्रता', 'नहिं दरिद्र सम दुख जग माहीं' आदि कहावतें इसके ऊपर पूर्णरूपसे चरितार्थ होती हैं। दूसरी ओर धनवान्‌का आदर सर्वत्र होता है; और दूसरे भी उसके सगे हो जाते हैं। अगस्त्यजीने लक्ष्मीजीकी स्तुति करते हुए लक्ष्मीवान्‌का चित्र बड़े अच्छे ढंगसे चित्रित किया है—

लक्ष्मि त्वयालङ्कृतमानवा ये
पापैर्विमुक्ता नृपलोकमान्याः।
गुणैर्विहीना गुणिनो भवन्ति
दुःशीलिनः शीलवतां वरिष्ठाः॥

'लक्ष्मी! तुमसे अलङ्कृत मनुष्य पाप अर्थात् दुःखसे मुक्त होते हैं, राजदरबारमें और लोकमें आदर पाते हैं। गुणहीन होते हुए भी गुणवान् माने जाते और बुरे स्वभावके होते हुए भी शीलवानोंमें श्रेष्ठ गिने जाते हैं।'

यह अक्षरशः सत्य है कि दीनजनोंकी बड़ी दुर्गति होती है, उन्हें अनेक प्रकारकी यातनाएँ सहनी पड़ती हैं, किंतु दीनजनोंका एक सहायक दीनबन्धु, दीननाथ, दीनदयालु होता है। श्रीमद्भागवतमें देवर्षि नारदजीने दीनोंके सम्बन्धमें यह कहा है कि—

दरिद्रो निरहंस्तम्भो मुक्तः सर्वमदैरिह।
कृच्छ्रं यदृच्छयाऽऽप्नोति तद्धि तस्य परं तपः॥
नित्यं क्षुत्क्षामदेहस्य दरिद्रस्यान्नकाङ्क्षिणः।
इन्द्रियाण्यनुशुष्यन्ति हिंसापि विनिवर्तते॥
दरिद्रस्यैव युज्यन्ते साधवः समदर्शिनः।
सद्भिः क्षिणोति तं तर्षं तत आराद् विशुद्ध्यति॥
(१०। १०। १५—१७)

'दरिद्र पुरुषके मनमें 'मैं हूँ', 'मेरा है' इस प्रकारका अहंभाव नहीं रहता, वह सब प्रकारके मदोंसे मुक्त रहता है। उसे अनायास जो कष्ट मिलता है, वही उसका परम तप है। अन्नहीन दरिद्र पुरुषका शरीर क्षुधा सहनेसे निर्बल और क्षीण हो जाता है, इन्द्रियोंकी भी प्रबलता जाती रहती है, जिससे हिंसाकी प्रवृत्ति भी निवृत्त हो जाती है। समदर्शी साधुगण दरिद्रोंसे ही मिलते हैं। उन साधुओंके संगसे सब प्रकारकी तृष्णा त्यागकर दरिद्र पुरुष शीघ्र ही शुद्ध हो जाते हैं।'

देवर्षि नारदजीके उपर्युक्त शब्दोंमें जितना तथ्य है, वह प्रत्यक्ष है पर दरिद्रतासे सभी डरते हैं। हाँ, कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनको दीनता प्रिय है। सहजोबाई गरीबीकी प्रशंसामें कहती हैं—

भली गरीबी नवनता, सकै न कोई मार।
सहजो रुई कपास की, काटै ना तरवार॥

यह ठीक है कि दीनतामें दुःख बहुत है; किंतु गरीब अपने सत्कर्तव्योंको करता हुआ सदाचार तथा सन्तोषके साथ जीवनयापन करता है, यही उसकी शोभा है। गरीबीके कारण धनवान् बननेकी लालसासे जो असत्-मार्गका अनुसरण करता है, वह पथभ्रष्ट होकर अधोगतिको प्राप्त होता है। दीनजनोंको चाहिये कि वे अपने प्रारब्धको बनायें। अच्छे-से-अच्छा भाग्य सत्कर्मोंसे बनता है और निष्काम सत्कर्मोंके द्वारा ही ईश्वरकी प्राप्ति होती है। दीनोंके लिये धैर्य ही उनके कष्टोंके काटनेका एकमात्र

अस्त्र है। दुःख सहते हुए ईश्वरपर विश्वास रखना ही उनका परम तप है। प्रारब्ध बलवान् होता है, उसीके बन्धनमें बँधा जीव अपने किये हुए कर्मोंके फलस्वरूप सुख-दुःखोंको भोगा करता है।* ऐसी दशामें ईश्वरको छोड़कर गरीब क्यों इधर-उधर भटके, क्यों दूसरोंका मुँह देखे। रैदासजी तो दीनोंसे जोर देकर यह कहते हैं कि—

हरि-सा हीरा छाँड़ि कै, करै और की आस।
सो नर जमपुर जायँगे, सत भाषै रैदास॥

रैदासजीसे भी जोरदार शब्दोंमें किसी कविने कहा है—

धीरज ना छोड़ो औ जाओ नहिं धाम धाम
दीन वचन कहे नाहिं दीनता सरैगी।
चिंता ना करो चित्त, चातुरी न छाँड़ो मीत,
नीचनको नवाये सिर ना आपदा टरैगी॥
अधमनके आगे रहिये ना अधीन ह्वै कै,
सेखी के छाँड़े नाहिं संपदा जुरैगी।
जा दिन दीनानाथ हाथ छाया तरे छत्र धरैं
ता दिन प्रारब्ध आय पाँयन परैगी॥

वास्तवमें यह बिल्कुल ठीक है कि कोई किसीको कुछ दे नहीं सकता, भले ही गरीब इधर-उधर दर-दरकी ठोकरें खाय। प्रारब्धका अन्न खलिहानसे स्वयं उठकर आ जाता है। यह देखा गया है कि जबतक मनुष्य किसीसे याचना नहीं करता, तभीतक सब कुछ है। माँगते ही मर्यादा नष्ट हो जाती है। विद्वानोंका मत है कि दूसरेके घर जाकर माँगनेसे अपना रहस्य प्रकट हो जाता है और अपमानित भी होना पड़ता है। रहीमजी कहते हैं कि—

'रहिमन' पर घर जायके दुःख न कहियो रोय।
अपनो भरम गँवायके बात न पूछै कोय॥

यह स्वतः सिद्ध है कि ईश्वर ही जब विश्वका भरण-पोषण करता है और यह भी प्रत्यक्ष है कि उससे की गयी याचना कभी निष्फल नहीं होती। फिर एकको छोड़कर अनेकोंके पास क्यों ठोकर खायँ। प्रयागीय महाकवि अकबरने बड़ी खूबसूरतीसे यह फरमाया है कि—

जो कुछ माँगना हो खोदासे माँग ऐ 'अकबर'।
यही वह दर है कि जिल्लत नहीं सवाल के बाद॥

इन्हीं सब बातोंको पढ़-सुनकर दीनजनोंको ईश्वरपर निष्ठा और विश्वास रखना चाहिये। ईश्वर ही सबका सुखदाता है और दीन हुए बिना वह किसीसे मिलता भी नहीं। जीवन उसीका सफल है, जो भगवान्‌का भक्त बनता है तथा ईश्वरप्राप्तिका उपाय किया करता है। बड़े-बड़े सम्राट्, धनवान् और बलवान् ईश्वरकी कृपा-कोरके अभिलाषी रहते हैं, फिर गरीब क्यों न गरीब-निवाजका आश्रय ग्रहण करे।

सुदामा दीन थे। घरमें न खानेको अन्न था, न तन ढाँकनेको वस्त्र ही। उनकी पत्नीने किसी धनवान्‌के पास धनके माँगनेकी सलाह नहीं दी। उसने दीनबन्धु भगवान् श्रीकृष्णके पास यह कहकर पतिको भेजा कि—

हरिहैं दुख-दारिदके हर्ता, कर्ता सुखके सो कृपा करिहैं।
करिहैं यदुनाथ सनाथ जबै अघ ओघ सबै छनमें टरिहैं॥
टरिहैं मनके दुख औ दुबिधा जनके हिय तोष सुधा भरिहैं।
भरिहैं धन सों पिय भवन भँडार दरिद्र तुम्हार हरी हरिहैं॥

फिर जितना ही जिनके पास धन अधिक है, उतना ही उसका हृदय अधिक जलता रहता है। धनियोंके हृदयकी बात जाननेवालोंसे उनका अपार दुःख छिपा नहीं है। वास्तवमें संसारभरका ऐश्वर्य प्राप्त होनेपर

---

* यह सत्य है कि मनुष्य अपने पूर्वकृत कर्मोंके फल-स्वरूप ही सुख-दुःखका भोग करता है। दुःखमें पड़े हुए मनुष्यको यही मानना चाहिये। परंतु जो सुखमें है, उसके लिये तो यही कर्तव्य है कि वह दुखी प्राणीके दुःखको उसके प्रारब्धका फल मानकर टाल न दे, बल्कि उसके दुःखमें सच्चे हृदयसे साथ देकर उसे दूर करनेका प्रयत्न करे। यही समझे कि हमारा सुख वस्तुतः दुखियोंकी ही धरोहर है और उसे उनको तुरंत सहर्ष लौटा देनेमें ही कल्याण है।—सम्पादक

भी प्राणी सुख-शान्ति प्राप्त नहीं करता। ('न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः' कठ०) सुख-शान्तिकी प्राप्ति तो संतोषसे होती है। विषयोंके त्यागका नाम ही संतोष है। इसीको भगवान् श्रीकृष्णने महारानी रुक्मिणीका संदेश ले जानेवाले ब्राह्मणसे कहा था—

असन्तुष्टोऽसकृल्लोकानाप्नोत्यपि सुरेश्वरः।
अकिञ्चनोऽपि संतुष्टः शेते सर्वाङ्गविज्वरः॥
विप्रान् स्वलाभसंतुष्टान् साधून्भूतसुहृत्तमान्।
निरहङ्कारिणः शान्तान्नमस्ये शिरसासकृत्॥
(श्रीमद्भा १० । ५२ । ३२-३३)

'जो कोई बार-बार अभिलषित पदार्थ पाकर भी असन्तुष्ट रहता है, वह इन्द्रकी पदवी पाकर भी सुख-शान्ति नहीं पा सकता; क्योंकि उसके मनमें संतोष-रूपी वृक्षकी शीतल छाया नहीं है और जो दरिद्र होते हुए भी सुखसे अपने जीवनको बिताते हैं, वे साधु हैं, सब प्राणियोंके परम बन्धु हैं, अहङ्कारशून्य हैं और शान्त हैं। उन ब्राह्मणोंको सिर झुकाकर मैं बारंबार प्रणाम करता हूँ।' यह हैं भगवद्वाक्य, जो कभी मिथ्या नहीं हो सकते। इसी संतोषके सम्बन्धमें तुलसीदासजी कहते हैं कि—

गोधन, गजधन, बाजिधन, और रतन धन खान।
जब आवै संतोष मन, सब धन धूरि समान॥

प्राणीकी एक ऐसी भी अवस्था होती है जब उसका धन-बल, जन-बल और शरीर-बल भी काम नहीं देता। इसे भी दीनावस्था कहा जाता है। देखिये, जगदम्बा जानकीजीके हरणके समय रावणके हाथोंसे बूढ़ा जटायु आहत होकर पड़ा था, उस समय वह दीनकी तरह असहाय था। ऐसे अवसरोंपर दीनबन्धु ही कृपा किया करते हैं। किसीने बड़े अच्छे ढंगसे कहा है कि—

दीन मलीन अधीन है अंग बिहंग परयो छिति खिन्न-दुखारी।
राघव दीनदयाल कृपालु कों देख दुखी करुणा भई भारी॥
गीधको गोदमें राखि कृपानिधि नैन सरोजनमें भरि बारी।
बारहिं बार सुधारत पंख जटायुकी धूरि जटान सों झारी॥

द्रौपदीके पाँच बलवान् पति थे, किंतु जिस समय वह भरी सभामें दुर्योधनकी आज्ञासे नंगी की जा रही थी, उस समय उसने दीनकी तरह यह कहकर दीनबन्धु दीननाथको पुकारा था—

गोविन्द द्वारकावासिन् कृष्ण गोपीजनप्रिय।
कौरवैः परिभूतां मां किं न जानासि केशव॥
हे नाथ हे रमानाथ व्रजनाथार्तिनाशन!
कौरवार्णवमग्नां मामुद्धरस्व जनार्दन॥
कृष्ण कृष्ण महायोगिन् विश्वात्मन् विश्वभावन।
प्रपन्नां पाहि गोविन्द कुरुमध्येऽवसीदतीम्॥
(महा० सभा० ६७ । ४१—४४)

'हे गोविन्द! हे द्वारकावासी! हे सच्चिदानन्दस्वरूप प्रेमघन! हे गोपीजनवल्लभ! हे सर्वशक्तिमान् प्रभो! कौरव मुझपर जो अत्याचार कर रहे हैं, इस बातको क्या आप जानते नहीं हैं? हे नाथ! हे रमानाथ! हे व्रजनाथ! हे आर्तिनाशन जनार्दन! मैं कौरवोंके समुद्रमें डूब रही हूँ। आप मेरी रक्षा कीजिये। श्रीकृष्ण! आप सच्चिदानन्दस्वरूप महायोगी हैं। आप सर्वस्वरूप और सबके जीवनदाता हैं। हे गोविन्द! मैं कौरवोंसे घिर-कर बड़े संकटमें पड़ गयी हूँ। आपकी शरण हूँ। आप मेरी रक्षा कीजिये।'

द्रौपदीकी ही तरह गजराजकी भी दयनीय दशा थी और वह भी दीनोंकी तरह यह कहकर चिल्लाया था—

यः कश्चनेशो बलिनोऽन्तकोरगात्
प्रचण्डवेगादभिधावतो भृशम्।
भीतं प्रपन्नं परिपाति यद्भयान्
मृत्युः प्रधावत्यरणं तमीमहि॥
(श्रीमद्भा० ८ । २ । ३३)

'जो कोई सर्वसमर्थ ईश्वर अधिक बलवान् एवं बड़ी तीव्र गतिसे दौड़ रहे कालरूप भयङ्कर सर्पके भयसे घबड़ाये हुए, आपत्तिमें पड़े हुए प्राणीकी रक्षा करते हैं और जिनके डरसे काल अपने कार्यमें लगा हुआ है, मैं उन्हीं ईश्वरकी शरणमें हूँ।'

कहते हैं कि द्रौपदीकी पुकारकी तरह गजकी

टेर भी खाली नहीं गयी। भगवान्‌ने अपने वाहनको छोड़कर शीघ्र-से-शीघ्र गजके पास पहुँचकर ग्राहको मारकर गजकी रक्षा की।

गजकी टेर सुनते ही परमधाममें हलचल मच गयी—

पर्यङ्कं विसृजन् गणानगणयन् भूषामणिं विस्मर-
न्नुत्तानोऽपि गदागदेति निगदन् पद्मामनालोकयन्।
निर्गच्छन्नपरिच्छदं खगपतिं चारोहमाणोऽवतु
ग्राहग्रस्तमतङ्गपुङ्गवसमुद्धाराय नारायणः॥

'ग्राहके चंगुलमें फँसे हुए गजराजका उद्धार करनेके लिये भगवान् श्रीहरि इतने उतावले हो उठे कि लक्ष्मीजीकी बिछायी हुई सुखदायिनी शय्याको भी तत्काल त्यागकर चल पड़े। सामने सेवाके लिये आये हुए पार्षदोंको भी कुछ नहीं गिना। गलेमें कौस्तुभ मणि पहननेकी भी सुध न रही; उतान सोये थे, उसी दशामें 'गदा! गदा!' कहते हुए सहसा उठकर खड़े हो गये। प्रियतमा लक्ष्मीकी ओर भी दृष्टि नहीं डाली। पक्षिराज गरुड़की पीठपर बिना गद्दी कसे ही सवार हो गये और बड़े वेगसे गजराजके पास जा पहुँचे।'

इसलिये दीन होना बहुत बुरा नहीं है, क्योंकि इसी स्थितिमें दीनबन्धुकी कृपाका प्रसाद मिलता है, जो मदान्ध धनियोंके लिये सर्वथा दुर्लभ है।

ऊपर जो बातें लिखी हैं, उन्हें मैंने अपनी ओरसे नहीं लिखा है, यह बातें शास्त्र तथा विद्वानोंकी हैं। ऐसी दशामें मुझे कोई कारण नहीं दिखलायी पड़ता कि इन बातोंपर दीनजन विश्वास न करें। यह सत्य है कि दरिद्रके समान कोई बड़ा दुःख नहीं होता; किंतु 'निर्बल-के बल राम' तो होते ही हैं। व्यासजी तो डंकेकी चोटपर कहते हैं—

केचिद् वदन्ति धनहीनजनो जघन्यः
केचिद् वदन्ति गुणहीनजनो जघन्यः।
व्यासो वदत्यखिलवेदपुराणविज्ञो
नारायणस्मरणहीनजनो जघन्यः॥

वैदिक-साहित्यका परिचय

ऋग्वेद-संहिता

(लेखक—पं० श्रीरामगोविन्दजी त्रिवेदी)

छन्दों और चरणोंसे युक्त मन्त्रोंको ऋक् वा ऋचा कहा जाता है। वेद शब्दका अर्थ ज्ञान है। ऋचाओंका जो ज्ञान है, उसे ऋग्वेद कहते हैं। गुप्त कथनका नाम मन्त्र है। किसी देवताकी स्तुतिमें प्रयुक्त होनेवाले अर्थके स्मरण करानेवाले वाक्यको भी मन्त्र कहा जाता है। संहिता मन्त्रोंके संग्रहका नाम है।

अनेक पुराणों और पातञ्जल महाभाष्य (पस्पशाह्निक) आदिके अनुसार ऋग्वेदकी २१ संहिताएँ वा शाखाएँ हैं; परंतु इन दिनों केवल एक शाकल-संहिता ही उपलब्ध है। देश-विदेशमें यही छपी है। इसके विभाग दो तरहसे किये गये हैं—(१) मण्डल, अनुवाक और वर्ग तथा (२) अष्टक, अध्याय और सूक्त। सारी संहितामें १० मण्डल, ८५ अनुवाक और २००८ वर्ग (वालखिल्यके १६ सूक्तोंको छोड़कर) हैं तथा ८ अष्टक, ६४ अध्याय और १०१७ सूक्त हैं। १४ छन्दोंमें समस्त मन्त्र गाये गये हैं। सब १०४६७ मन्त्र हैं। केवल दो चरणवाले १७ और एक चरणवाले ६ मन्त्र हैं। स्वरपर ३५८९, कवर्गपर ४०७, चवर्गपर १४२, तवर्गपर १८३३, पवर्गपर १३७७, अन्तःस्थ अक्षरोंपर १७६३ और ऊष्म-अक्षरोंपर १३५६ मन्त्र हैं। शौनक ऋषिकी 'अनुक्रमणी' के अनुसार तो १०५८०½ मन्त्र, १५३८२६ शब्द और ४३२००० अक्षर हैं। औसतसे प्रत्येक सूक्तमें १० मन्त्र और प्रत्येक मन्त्रमें ५ अक्षर हैं; परंतु शाकल-संहिताके कितने ही संस्करणोंके मन्त्रोंकी गणना करनेपर उक्त 'अनुक्रमणी' के मन्त्रों, शब्दों और अक्षरोंकी संख्या कम मिलती है। सम्भव है, कुछ मन्त्र लुप्त हो गये हों। ऋग्वेद (१०।११४।८) में जो ऋग्वेदकी १५००० मन्त्र-संख्या मानी गयी है, उससे भी कुछ मन्त्रोंके लोप होने-का अनुमान होता है। ऋग्वेद संसारकी सबसे प्राचीन पुस्तक है—ऐसा विश्वकी चोटीके ऐतिहासिक भी मानते हैं। कुछ ऐतिहासिक कहते हैं कि 'कोणाकार लिपिमें लिखी असी-

रियाकी खण्डित धर्म-पुस्तक ऋग्वेदके समयकी है; परंतु अब तो इस मतका प्रामाणिक खण्डन हो चुका है। ऋग्वेदकी भाषा ऐसी है कि केवल लौकिक संस्कृतका ज्ञाता मन्त्रोंका अर्थ नहीं समझ सकता। इसीलिये संहिताओंके आधारपर बने संस्कृत-साहित्यके अच्छे विद्वान् भी संहिताओंसे उदासीन रहते हैं—वेद-प्रचारसे दूर भागते हैं; यद्यपि 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' की 'रट' लगाने और 'वैदिक-धर्मानुयायी' बननेका इनका मन बना रहता है। जिसने वैदिक संहिताओंका सविधि स्वाध्याय नहीं किया, वह भला वेद-धर्म समझने और उसका अनुयायी बननेका अधिकारी कैसे हुआ? संस्कृतके विद्वानों और वेदधर्मानुयायी कहलानेवालोंकी यह स्थिति बहुत ही कारुणिक है।

वेदार्थ समझनेके साधन सायण-भाष्य, ब्राह्मण-ग्रन्थ, प्रातिशाख्य, बृहद्देवता, सर्वानुक्रमणी, कल्पसूत्र, निरुक्त, जैमिनीय मीमांसा आदि हैं—सायण, स्कन्द-स्वामी, उद्गीथ, वेङ्कट-माधव, उव्वट और महीधरके भाष्य भी हैं; परंतु शाकल-संहितापर सायणाचार्यके सिवा किसीका भी भाष्य पूर्ण नहीं है। इसलिये एकमात्र आधार सायण ही हैं। सन् १३५० से १३७९ ई० तकमें सायणने वेदों (शाकल, तैत्तिरीय, काण्व, कौथुम, शौनक आदि संहिताओं), ब्राह्मणों (ऐतरेय, तैत्तिरीय, शतपथ, ताण्ड्य, सामविधान, गोपथ आदि), आरण्यकों (ऐतरेयारण्यक, तैत्तिरीयारण्यक आदि) और साम-प्रातिशाख्यपर भाष्य लिखा था। इस महाकार्यमें हरिहर आदि अनेक सत्पुरुष सायणाचार्यके सहायक थे। विजय-नगराधिपति बुक्करायके समयमें भाष्य-लेखन समाप्त हुआ और विजयनगरमें ही ऋग्वेद-भाष्य सर्वप्रथम प्रकाशित भी हुआ।

वेदाध्ययनसे विमुख हो केवल वाणी-मात्रसे वेद-भक्त बननेवाले कुछ लोग कहते हैं कि, 'अनेक जन्म तपस्या किये बिना और जीवन्मुक्ति प्राप्त किये बिना कोई भी न तो वेदोंका अर्थ ही समझ सकता है और न उनके बारेमें कोई राय ही दे सकता है।' किन्तु इन पङ्क्तियोंके लेखकमें न तो ये गुण ही हैं, न लेखक इस मतका समर्थक ही है। यह बात तो अवश्य है कि नैरुक्त, नैदान, ऐतिहासिक, ब्रह्मवादी, याज्ञिक, परिव्राजक, स्वरमुक्तिवादी आदि कितने ही ऐसे सम्प्रदाय हैं, जो वेदार्थके सम्बन्धमें विभिन्न मत रखते हैं। औपमन्यव, कौत्स, यास्क, उद्गीथ, स्कन्दस्वामी, भरतस्वामी, रावण, भट्टभास्कर, वेङ्कट माधव, उव्वट, महीधर, सत्यव्रत सामश्रमी, स्वा० दयानन्द, लो० तिलक, अविनाशचन्द्रदास, राथ, ग्रिफिथ, मैक्डानल, मैक्समूलर, लुड्विग, लांगलोआ, ग्रासमान रेले, दाराशिकोह आदि-आदि वेद-समीक्षकोंकी वेदार्थ-सम्बन्धिनी अनेक सम्मतियाँ भी हैं; परंतु सारे मत इन तीन वर्गोंमें ही आ जाते हैं—आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक—ये तीनों ही मत वेदोंमें यथास्थान विन्यस्त हैं। इनमेंसे किसी एकको लेकर और सारे मन्त्रोंकी खींचतान करके एक-सा ही अर्थ निकालना साम्प्रदायिक वा एकपक्षीय मनोवृत्तिका परिचायक है। निरपेक्षता, उदारता और दृष्टि-व्यापकताका नहीं। प्रयोग, निरीक्षण, व्यवहार, निर्वचन, अभ्यास, समनुगमन आदिका विचार किये बिना केवल अध्यात्मवादकी काल्पनिक उड़ान उड़ने और ग्रीक, लैटिन भाषाओंका कोरा अभ्यास करनेसे कोई भी वेदार्थ नहीं समझ सकता।

वेदोंमें आध्यात्मिक आदि तीनों ही अर्थ हैं और सायणाचार्यने निरपेक्ष होकर तीनों ही अर्थोंको यथास्थान लिखा है। वेदोंमें समाधिभाषा, परकीय भाषा और लौकिक भाषा—तीनों ही भाषाओंका प्रयोग है और सायणने यथास्थान तीनोंका ही रहस्य बताया है। इसीलिये उन्होंने इन्द्रका अर्थ ईश्वर, देव, ज्ञान, विद्युत्तक लिखा है और वृत्रका अर्थ असुरराज, असुर, अज्ञान और मेघतक। जहाँ जिस भाषा और जिस वादका कथन है, वहाँ उसीका उल्लेख करके सायणने अर्थ-समन्वय किया है।

यह सब होते हुए भी देश और विदेशमें सायण-द्रोहियोंकी कमी नहीं है। विदेशी वेदाभ्यासियोंमें 'Los von Sayana' (सायणका बहिष्कार करो) की आवाज कई बार उठायी गयी। ऋग्वेदके सायण-भाष्यके प्रकाशक मैक्समूलरने भी सायणको 'Blind man's stick' (अन्धेकी लकड़ी) कहा है। 'वैदिक कोष' लिखनेवाले राथ और ग्रासमानका सायण-द्रोह तो विश्व-विदित है ही; परंतु लेखकके मतसे ये सारे द्रोह-विद्रोह निरर्थक हैं; क्योंकि—

१—वेदार्थ-निर्णय करनेमें सायणने आर्य-जातिकी प्राचीन मर्यादा और परम्पराका पालन किया है।

२—स्कन्द स्वामी, वेङ्कट माधव और उद्गीथ आदि ऋग्वेदके प्राचीन टीकाकारोंका सायणने अनुगमन किया है।

३—सायण-भाष्यका समर्थन सारे वैदिक साहित्य, प्राचीन इतिहास और आर्यजातिके आचार-विचारोंसे होता है।

४—विश्वकी विविध भाषाओंमें प्रकाशित वेद-सम्बन्धी ग्रन्थोंके प्रणेता सायणानुयायी हैं।

५—सनातन धर्मानुयायी सदासे सायण-भाष्यको आर्य-जातिकी संस्कृति, सभ्यता और रीति-नीतिके अनुयायी मानते हैं।

६—सायण-भाष्यके सिवा ऋग्वेदपर किसीका भी पूर्ण भाष्य नहीं है। इसलिये सायण-भाष्यके अभावमें ऋग्वेदका न तो सम्यक् अर्थ-ग्रहण होता, न रोठराचार्य (राथ) की 'पीटर्सबर्ग लेक्जिकन' नामक कोष-पुस्तक बन पाती और न ग्रासमानका 'वैदिक-कोष' ही लिखा जाता।

फलतः जिन विद्वानोंकी धारणा है कि ग्रीक और लैटिन भाषाओंका ज्ञान और साधारण संस्कृत-ज्ञान रहनेसे मनुष्य वेदार्थ समझ सकता है, वे भारी भ्रममें हैं। हिंदू-संस्कृति, हिंदू-धर्म और हिंदू-शास्त्रोंका मर्म समझनेवाले सायणभाष्यसे वेदार्थ समझनेमें जो सहायता मिलेगी, उसकी टुकड़ी सहायता भी ग्रीक और लैटिनके ज्ञानसे अथवा लांगलोआ (फ्रेंच), लुड्विग (जर्मन) और ग्रीफिथ (इंगलिश) के किये वेदार्थसे नहीं मिलेगी। इसलिये वैदिक-साहित्यका परिचय पानेके लिये सायण-भाष्य प्रधान सहायक है। इन पङ्क्तियोंका लेखक सायण-भाष्यके अनुकूल वेद-परिचय देना उत्तम समझता है। इसीलिये यहाँ सायणके सम्बन्धमें थोड़ी-सी चर्चा की गयी।

ऋग्वेदकी यह शाकल-शाखा वैदिक-साहित्यमें रत्न है। यद्यपि 'अनुवाकानुक्रमणी'में लिखा है कि 'शाकलासे वाष्कलामें केवल ८ सूक्त अधिक हैं; परंतु 'वाष्कल-संहिता' का पता नहीं चलता। यह कहीं भी नहीं छपी। कहते हैं, 'बर्लिन-लाइब्रेरी (जर्मनी) में ४० हजार और इंडिया हाउस (लंदन) में ३० हजार हस्तलिखित संस्कृत-पुस्तकें हैं। पता नहीं, इनमें वाष्कल-संहिता है कि नहीं। जबतक वाष्कला नहीं छपती, तबतक तो शाकला ही वैदिक-साहित्यका खजाना और विराट् पुस्तक मानी जायगी। इसके सामने सामवेदकी कौथुमसंहिताका प्रायः अस्तित्व ही नहीं है, क्योंकि कौथुममें शाकलके ही सारे मन्त्र हैं—केवल ७५ मन्त्र ही कौथुमके अपने हैं। अथर्ववेदकी शौनकसंहितामें शाकलसंहिताके १२०० मन्त्र पाये जाते हैं। शौनकके बीसवें काण्डके सारे मन्त्र (कुन्ताप-सूक्त और दो अन्य मन्त्रोंको छोड़कर) शाकलके हैं। कृष्णयजुर्वेदकी तैत्तिरीय संहितामें भी शाकलके बहुत मन्त्र हैं। इसलिये ऋग्वेदसंहिता (शाकल-शाखा)के अन्तर्गत ही प्रायः तीनों वेद हैं और इसके सविधि अध्ययनसे प्रायः चारों वेदोंका स्वाध्याय हो जाता है। इसीलिये ऋग्वेद सबसे महत्त्वपूर्ण माना जाता है। अनेक लोगोंने तो इसके अध्ययनमें अपना सारा जीवन ही खपा डाला है।

करोड़ों हिंदुओंका विश्वास है कि वेद ईश्वरका श्वास है, इसलिये वेद ईश्वरकी ही तरह नित्य है, शाश्वत है, अपौरुषेय है और ऋषियोंने समाधि-दशामें अपने विशुद्धान्तःकरणमें वेदको उसी रूपमें प्राप्त किया था जिस रूपमें—छन्द, वाक्य, शब्द और अक्षरके रूपमें—वह इन दिनों पाया जाता है। अनन्त हिंदुओंकी धारणा है कि वेद ईश्वरकृत है। बहुतोंका विश्वास है—

'वेदाद्धर्मो हि निर्बभौ।'

'वेदसे ही धर्म निकला है।' इसीलिये अनन्त कालसे लाखों हिंदू वेद-विद्याकी रक्षाके लिये अपने प्राणतक देते आये हैं।

लोग पूछते हैं—'क्या वेदकी नित्यतामें प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण है?' परंतु हमारे यहाँ शङ्कराचार्य आदिने प्रत्यक्ष और अनुमानका खण्डनकर शब्द-प्रमाणको ही स्थापित किया है। (शारीरक-भाष्य २। ३। १) क्षुद्रतम मानव-मस्तिष्क अज्ञेय-कालके तत्त्वोंका कैसे प्रत्यक्ष करेगा और अनन्त समयकी बातोंकी कैसे अनुमिति करेगा? इसीलिये भगवान् श्रीकृष्णकी इस उक्तिपर हिंदुओंका दृढ़ विश्वास है—

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ।

(गीता १६। २४)

'इसलिये कार्य और अकार्यकी व्यवस्थिति अर्थात् कर्तव्य और अकर्तव्यका निर्णय करनेके निमित्त तेरे लिये शास्त्र प्रमाण हैं।'

और हिंदुओंके समस्त शास्त्र वेदको नित्य मानते हैं। जैमिनीय मीमांसामें ऐसे अनेक प्रमाण हैं, जिनसे वेदकी नित्यता सिद्ध होती है। कौषीतकिब्राह्मणके मतसे (१०। ३०) वेद-मन्त्र देखे गये हैं, बनाये नहीं। ऐतरेय ब्राह्मणसे (३। १९) मालूम होता है कि गौरवीतिने सूक्तों वा मन्त्रसमूहोंको देखा था। ईश्वरतकका खण्डन करनेवाले सांख्यने लिखा है—

न पौरुषेयत्वं तत्कर्तुः पुरुषस्याभावात्।

(वेद अपौरुषेय है; क्योंकि वेद-कर्ताका अभाव है।)

बृहदारण्यकका कहना है—

अस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतद् ऋग्वेदो यजुर्वेदः।

—इत्यादि। अर्थात् वेद भगवान्‌का श्वास है।

श्वेताश्वतर (६। ८) का कहना है—

यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै।

(ब्रह्माको पहले उत्पन्न कर ईश्वर ब्रह्माको लोक-शिक्षाके लिये वेद देता है।) स्मृति-ग्रन्थोंमें तो वेदकी नित्यताके अनेकों प्रमाण हैं। सायणाचार्य भी वेदको नित्य मानते हैं।

ये ही कारण हैं कि वेदपर हिंदू-जातिकी अविचल श्रद्धा है और वेदके प्रत्येक शब्दको मानना हिंदुत्व और हिंदू-धर्मका लक्षण है—

प्रामाण्यबुद्धिर्वेदेषु। (लो० तिलक)

यही नहीं, वेद हिंदुओंकी प्रायः समूची कलाओं और विद्याओंका मूल भी है—

सर्वं वेदात् प्रसिद्ध्यति। (मनु)

मनुष्य-जातिके प्राचीनतम इतिहास, सामाजिक नियम, राष्ट्र, धर्म, सदाचार, कला, त्याग, सत्य आदिका ज्ञान प्राप्त करनेके लिये एकमात्र साधन वेद ही है। वैदिक ग्रन्थोंमें ऋग्वेद, सभी दृष्टियोंसे सर्वश्रेष्ठ और विशाल है।

शाकल-संहिताके प्रत्येक सूक्तके ऊपर उसके ऋषि, देवता, छन्द और विनियोग लिखे रहते हैं। वेदार्थ जाननेके लिये इन चारोंका ज्ञान रखना आवश्यक है। शौनककी अनुक्रमणी (११)में लिखा है कि 'जो ऋषि, देवता, छन्द और विनियोगका ज्ञान प्राप्त किये बिना वेदका अध्ययन, अध्यापन, हवन, यजन, याजन आदि करते हैं, उनका सब कुछ निष्फल हो जाता है और जो ऋष्यादिको जानकर अध्ययनादि करते हैं, उनका सब कुछ फलप्रद होता है तथा ऋष्यादिके ज्ञानके साथ जो वेदार्थ भी जानते हैं, उनको अतिशय फल प्राप्त होता है। याज्ञवल्क्य और व्यासने भी अपनी स्मृतियोंमें ऐसा ही लिखा है।

'ऋषिर्दर्शनात्' अर्थात् मन्त्रको देखनेवाले या साक्षात्कार करनेवालेको ऋषि कहा जाता है।(निरुक्त, नैगमकाण्ड २।११) महर्षि कात्यायनने भी 'सर्वानुक्रमसूत्र'में ऋषिको स्मर्ता वा द्रष्टा बताया है। याज्ञवल्क्यने भी ऐसा ही लिखा है। जिन ऋषिने जिस सूक्तका आविष्कार किया, उनका वा उनके वंशका ही सूक्तके ऊपर नाम रहता है।

ऋग्वेद (शाकलसंहिता)के दस मण्डलोंमेंसे द्वितीय मण्डलके गृत्समद, तृतीयके विश्वामित्र, चतुर्थके वामदेव, पञ्चमके अत्रि, षष्ठके भारद्वाज और सप्तमके वसिष्ठ और इनका परिवार ऋषि हैं। अष्टम मण्डलके ऋषि कण्व और उनके वंशज तथा उनके गोत्रज हैं। आश्वलायनने प्रगाथ-परिवारको अष्टमका ऋषि माना है; परंतु षड्गुरु शिष्यने प्रगाथको कण्व ही माना है। नवम मण्डलके ऋषि अनेक हैं। आश्वलायनने लिखा है कि 'दशम मण्डलके ऋषि क्षुद्रसूक्त और महासूक्त हैं।' परंतु वस्तुतः दशम मण्डलके ऋषि और उनके वंशज अनेकानेक हैं। प्रथम मण्डलके तो २३ ऋषि हैं।

सब ऋषि ब्राह्मण थे; परंतु ऐतिहासिक कहते हैं कि 'दशम मण्डल'के इन सूक्तोंके बनानेवाले ये राजर्षि भी थे—सूक्त ३१ कवष ९१ आरुण वैतहव्य, १३३ सुदास पैजवन और १३४ मान्धाता यौवनाश्व। ४६ वें सूक्तके ऋषि वत्सप्रि भालन्दन वैश्य थे और १७५ सूक्तके ऋषि ऊर्द्ध्वग्रावा अनार्य थे। परंतु यह विषय अभी सन्दिग्ध है।

निरुक्तकारने लिखा है—

देवो दानाद् द्योतनाद् दीपनाद् वा।

(दैवत १।५)

लोकोंमें भ्रमण करनेवाले, प्रकाशित होनेवाले या भोज्य आदि सारे पदार्थ देनेवालेको देवता कहा जाता है। तीन प्रकारके देवोंको निरुक्तकारने माना है—पृथिवी-स्थान अग्नि, अन्तरिक्ष-स्थान वायु वा इन्द्र और द्युस्थान सूर्य। इन्हींकी अनेक नामोंसे स्तुतियाँ की गयी हैं। जिस सूक्त वा मन्त्रके ऊपर जो देवता लिखे रहते हैं, उस सूक्त वा मन्त्रके वे ही प्रतिपादनीय और स्तवनीय हैं। जहाँ ओषधि, जल, शाखा आदि जड पदार्थोंको देवता लिखा गया है, वहाँ ओषधि आदि वर्णनीय हैं और उनके अधिष्ठाता देवता स्तवनीय हैं। आर्यलोग प्रत्येक जड पदार्थका एक अधिष्ठाता देवता मानते थे। इसीलिये उन्होंने जडकी स्तुति चेतनकी ही तरह की है। मीमांसक कहते हैं, 'जिस मन्त्रमें जिस देवताका वर्णन है, उसमें उसीकी-सी दिव्य शक्ति अनादि कालसे निहित है। मीमांसा मन्त्रमें ही देवत्व-शक्ति मानती है।

ऋग्वेद (१।१३९।११)से मालूम पड़ता है कि पृथिवीस्थानीय ११, अन्तरिक्षस्थानीय ११ और द्युस्थानीय ११—सब ३३ देवता माने गये हैं। कृष्ण-यजुर्वेदकी तैत्तिरीय-संहिता (१।४।१०१)में भी यही बात है। ऋग्वेदके अनेक स्थानों (१।३४।११; १।४५।२; ९।९३।२; १०।५५।३ आदि)में तथा शतपथ ब्राह्मण (४।५।७।२) और ऐतरेय ब्राह्मण (२।२८)में ३३ देवोंका उल्लेख है। शतपथमें ८ वसु, ११ रुद्र, १२ आदित्य, आकाश और पृथिवी—ये ३३ देवता हैं और ऐतरेयमें ११

प्रयाज देव, ११ अनुयाजदेव और ११ उपयाजदेव—३३ देवता हैं। विष्णुपुराणके मतसे ११ रुद्र, १२ आदित्य, ८ वसु, प्रजापति और वषट्कार—ये ३३ देवता हैं। परंतु ऋग्वेदके दो स्थानों (३ । ९ । ९ और १० । ५२ । ६)में ३३३९ देवताओंका कथन है। सायणाचार्यने लिखा है कि देवता तो ३३ ही हैं; परंतु देवोंकी विशाल महिमा बतानेके लिये ३३३९ देवोंका उल्लेख किया गया है।

जो मनुष्योंको प्रसन्न करे और यज्ञादिकी रक्षा करे, उसे छन्द कहा जाता है (निरुक्त, दैवत १ । १२)। मुख्य छन्द २१ हैं। २४ अक्षरसे लेकर १०४ अक्षरतक ये सब छन्द होते हैं।

जिस कामके लिये मन्त्रका प्रयोग होता है, उसे विनियोग कहा जाता है। मन्त्रमें अर्थान्तर वा विषयान्तर होनेपर भी विनियोगके द्वारा अन्य कार्यमें उस मन्त्रको विनियुक्त किया जा सकता है—पूर्वाचार्योंने ऐसा माना है। इससे ज्ञात होता है कि शब्दार्थसे भी अधिक आधिपत्य मन्त्रोंपर विनियोगका है। ब्राह्मण-ग्रन्थों और कल्पसूत्रोंसे ऋषि, देवता आदि जाने जाते हैं।

विदेशी, विधर्मी और संशयात्मा लोग कहते हैं कि 'आर्योंको परमात्माका ज्ञान नहीं था। उनकी पहुँच देवोंतक ही थी। प्राकृतिक शक्तियों (अग्नि, वायु आदि)में अद्भुत शक्ति देखकर वे इन्हें ही चेतन शक्तिवाले देवता समझते थे। इसीलिये उन्होंने अग्नि, इन्द्र, वरुण, मित्र, अर्यमा, वायु, पूषा, सरस्वती, आदित्यगण, विष्णु, मरुत्, स्वर्ग, सोम, रुद्र, अदिति, ब्रह्मणस्पति, भग, बृहस्पति, त्वष्टा, ऋभुगण आदि-आदिको देवता मान लिया। (ऋग्वेद १० । ६५ । १) प्रकृतिकी लोल-लीलाओंको न समझनेके कारण आर्योंने इन्हें देवता जान लिया।'

परंतु उनका कथन निराधार है—देवता-रहस्य न समझनेका फल है। देवताका रहस्य 'बृहद्देवता' बताती है। उसके प्रथमाध्यायके पाँच श्लोकों (६१–६५) से पता चलता है कि इस ब्रह्माण्डकी जड़में एक ही शक्ति विद्यमान है, जिसे ईश्वर कहा जाता है। वह 'एकमेवाद्वितीयम्' है। उसी एककी नाना रूपोंमें—विविध शक्तियोंके अधिष्ठातृरूपोंमें—स्तुति की गयी है। नियन्ता एक ही है; इसी मूल सत्ताके विकास सारे देव हैं। इसी बातको यास्कने (निरुक्त, दैवत-काण्ड, ७ अध्यायमें) कितनी सुन्दरतासे कहा है—

महाभाग्याद् देवताया एक एव आत्मा बहुधा स्तूयते। एकस्यात्मनोऽन्ये देवा प्रत्यङ्गानि भवन्ति॥

इसी तरह—

तस्या महाभाग्यादेकैकस्या अपि बहूनि नामधेयानि भवन्ति।

(नि० दै० १ । ५)

ऐतरेयारण्यक (३ । २ । ३ । १२) ने भी कहा है कि ऋग्वेदी लोग एक ही सत्ताकी उपासना ऋग्वेदीय मन्त्रों (उक्थों) में करते हैं। दूर न जाकर यदि ऋग्वेदको ही देखें, तो इस बातके अनेकानेक प्रमाण मिलेंगे।

ऋग्वेद तृतीय मण्डल ५५वें सूक्तमें २२ मन्त्र हैं और सबके अन्तमें 'महद्देवानामसुरत्वमेकम्' वाक्य आया है। तात्पर्य यह है कि देवोंकी शक्ति (असुरत्व=बल) एक ही है, दो नहीं अर्थात् महाशक्तिका विकास होनेके कारण देवोंकी शक्ति पृथक् नहीं—स्वतन्त्र नहीं है।

ऋषियोंने जिन प्राकृत शक्तियोंकी स्तुति वा प्रशंसा की है, उनके स्थूल रूपकी नहीं की है, प्रत्युत उनकी शासिका वा अधिष्ठात्री चेतन-शक्तिकी की है। इस चेतन-शक्तिको वे परमात्मासे पृथक् या स्वतन्त्र नहीं मानते थे—परमात्म-रूप ही मानते थे। उन्होंने ऋग्वेदके प्रथम मन्त्रमें ही अग्नि-की स्तुति की है; परंतु अग्निको परमात्मासे स्वतन्त्र मानकर नहीं। वे स्थूल अग्निके रूपके ज्ञाता होते हुए भी सूक्ष्म अग्नि—परमात्मशक्ति-रूप—के स्तोता और प्रशंसक थे। वे मरण-शील अग्निमें व्याप्त अमरताके उपासक थे। इसीलिये उन्होंने गाया है—

अपश्यमहं महतो महित्वममर्त्यस्य मर्त्यासु विक्षु।

(ऋ० १० । ७९ । १)

'मरणशील प्रजामें मैंने अमर अग्निकी महिमाको देखा है इसी तरह इन्द्रको वे देवता मानते हुए भी इन्द्रकी सूक्ष्म शक्तिको परमात्मशक्तिसे पृथक् नहीं समझते थे—परमात्मरूप समझते थे।' तभी तो उन्होंने कहा है—'इन्द्र मनुष्योंके धारक हैं। उनकी महिमा समुद्रोंसे भी अधिक है। इन्द्र तेजसे सारे संसारको पूर्ण कर देते हैं।' (ऋ० १० । ८९ । १) 'स्तुत्य, नाना मूर्तियोंवाले, दीप्तियुक्त, अनुपम प्रभु और श्रेष्ठ आत्मीय इन्द्रकी मैं स्तुति करता हूँ।' (ऋ० १० । १२० । ६) 'जो इन्द्र सृष्टिकर्ताओंके भी कर्ता हैं, जो भुवनोंके अधिपति हैं, जो रक्षक और शत्रुविजेता हैं, उनकी मैं स्तुति करता हूँ।' (ऋ० १० । १२८ । ७)

भला, परमात्माके सिवा किसकी महिमा समुद्रोंसे भी

अधिक हो सकती है ? कौन संसारको तेजसे पूर्ण कर सकता है ? कौन नाना मूर्तियोंवाला और अनुपम प्रभु हो सकता है ? दूसरा कौन भुवनाधिपति और सृष्टिकर्ताका भी कर्ता है ?

इसी तरह सूर्य, विष्णु, वाग्देवी, अदिति वा जितने देवता हैं, सबको वे उसी तरह परमात्मरूप समझते थे, जिस तरह एक ही धागेमें मालाकी सारी मनियाँ ओतप्रोत रहती हैं और केवल माला ही कहाती हैं।

यह कहना तो बिल्कुल व्यर्थ है कि 'आर्योंको परमात्माका ज्ञान नहीं था।' परमात्मतत्त्वका जैसा गहन-गम्भीर ज्ञान उनको था, वैसा तो आजतक प्रायः किसी भी मनुष्यजातिको नहीं हुआ। लो० तिलकने ठीक ही लिखा है कि 'ऋग्वेदके नासदीय सूक्तमें जितनी स्वाधीन उच्चतम चिन्ता है, उतनी आजतक मनुष्यजाति नहीं कर सकी।' नासदीय सूक्तमें ही नहीं, ऋग्वेदके अनेक स्थानोंमें ऐसी ही गम्भीर चिन्ताएँ हैं। दो-चार उदाहरण देखिये—

ऋग्वेद १ मण्डल, १६४ सूक्तके ६ और २० मन्त्रोंमें परमात्माका स्पष्ट निर्वचन है। ३। ५५। ३ और ५। ८५। १ में ईश्वरीय सत्ताका अनुभव है। १०। २७। ९ में ऋषि समाधि-दशाका अनुभव करते हुए कहते हैं—'संसारमें घास और अन्न खानेवाले जितने मनुष्य हैं, सब मैं ही हूँ। हृदयाकाशमें जो अन्तर्यामी ब्रह्म अवस्थित हैं, वह मैं ही हूँ।' भला, इससे बढ़कर अद्वैतवादकी अनुभूति क्या होगी ? १०। ३१। ८ में कहा गया है—'ईश्वर प्रजाका बनानेवाला और द्यावापृथिवीका धारण करनेवाला है। इससे अधिक ईश्वरत्वका ज्ञान किस धर्मको है ?'

कुछ मन्त्र और देखिये—'परमात्मा एक हैं परंतु क्रान्तिदर्शी विद्वान् उनकी अनेक प्रकारसे कल्पना करते हैं।' (१०। ११४। ५) जो देवता-तत्त्व नहीं जानते, वे इस मन्त्रको बार-बार पढ़नेका कष्ट करें। १०वें मण्डलका ९० सूक्त 'पुरुषसूक्त' कहाता है। यह सारा सूक्त ही ईश्वरमय है। नमूनेके तौरपर इसका दूसरा मन्त्र देखिये—'जो कुछ हुआ है और जो कुछ होनेवाला है, वह सब ईश्वर है। ईश्वर देवताके स्वामी हैं। प्राणियोंके भाग्यके निमित्त वे अपनी कारणावस्थाको छोड़कर जगदवस्थाको प्राप्त होते हैं।' इसमें स्पष्ट ही 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' का उद्घोष है। इसमें यह भी बता दिया गया है कि जैसे जीवात्माके स्वामी होते हुए भी परमात्मा और जीवात्मा एक हैं, उसी तरह देवोंके स्वामी होते हुए भी ईश्वर और देवता एक हैं। इससे यह भी सूचित होता है कि जीवोंके कर्मफलभोगके लिये ईश्वर सृष्टिकी रचना करते हैं। आगे देखिये—'उस समय—प्रलयावस्थामें—मृत्यु नहीं थी, अमरता भी नहीं थी, रात और दिनका भेद भी नहीं था। वायुशून्य और आत्मावलम्बनसे श्वास-प्रश्वासयुक्त केवल एक ब्रह्म थे। उनके अतिरिक्त और कुछ नहीं था।' (१०। १२९। २) 'चूँकि सृष्टि-कालमें कर्मफल-बीज था; इसलिये परमात्माके मनमें प्रथम सिसृक्षा उत्पन्न हुई। (१०। १२९। ४) 'जिनसे ज्योतिर्मय सूर्य उत्पन्न हुए हैं, वे ही सबसे ज्येष्ठ हैं। उनके पहले कोई नहीं था।' (१०। ११४। ७) 'परमात्माके चौदह भुवन हैं।' १०। ११४। ७) दसवें मण्डलका एक सौ इक्कीसवाँ सूक्त 'हिरण्यगर्भ-सूक्त' कहाता है। यह भी ईश्वरमय है। इसके दसों मन्त्र कण्ठस्थ करनेयोग्य हैं।

इन समस्त उद्धृत मन्त्रोंपर विचार करनेसे विदित होता है कि ऋग्वेदसे बढ़कर ईश्वरवादका स्पष्ट विवरण किसी भी धर्म, धर्मशास्त्र वा पुराणमें नहीं है। जिनकी अन्तर्दृष्टि नष्ट नहीं हुई है, वे सभी लेखकके इस मतका समर्थन करेंगे।

(शेष आगे)

किसके द्वार जायँ

जैयें कौनके अब द्वार।
जो जिय होय प्रीति काहूके, दुख सहिये सौ बार॥
घर-घर राजस, तामस बाढ़्यो धन-जोबनकौ गार।
कामबिबस ह्वै दान देत नीचनकौं होत उदार॥
साधु न सूझत, बात न बूझत, ये कलिके ब्यौहार।
ब्यासदास कत भाजि उबरियै परियै माँझीधार॥

—व्यासजी

तथा एक सीमातक सहन कर सकें।' बड़े स्नेहसे कंधेपर हाथ रक्खा उन्होंने। भला ऐसे पुरुषसे कौन उद्विग्न होगा।

'अरे, किसीने स्मरणतक नहीं किया।' एकने मुखपर अंगुली रखकर सङ्केत किया और वह उन्मुक्त हास्य, अनर्गल प्रलाप, सब सहसा बंद हो गया। कूपकी पश्चिम दिशामें अस्तंगत भगवान् आदित्यकी ओर मुख किये वे ध्यानस्थ बैठे थे। सन्ध्याकी अरुणिमा उनके भव्य भालपर अन्तरका अनुराग लेकर प्रतिबिम्बित हो रही थी। शिक्षकोंका भी उपहास करनेवाले वे उद्धत इस प्रकार शान्त एवं मृदुपदोंसे चले जा रहे थे जैसे अपराधी बालक गुरुजनोंके समीपसे दूर जानेका प्रयत्न करते हैं।

'हमने प्रमादवश बाधा दी आपकी सायं-उपासनामें।' सन्ध्यासे उठते ही मण्डलीने उनको घेर लिया। 'हाकीके उल्लासमें हममेंसे किसीको स्मरण नहीं रहा कि आप समीप ही पूजा कर रहे हैं। खेलमें कोलाहल तो होना ही था। अब कलसे पीछेके पार्कमें सब जाया करेंगे।' सब समझ रहे थे कि यदि उनकी आराधनामें बाधा पहुँची तो शीघ्र चले जायँगे। पता नहीं क्यों, एक ऐसा सौहार्द हो गया था कि कोई नहीं चाहता था कि वे जायँ।

'इस प्रकार सङ्कुचित वातावरणमें तो मुझसे नहीं रहा जायगा।' हँसकर उन्होंने आशङ्का दूर कर दी। 'यदि मेरे कारण सबको सदा सशङ्क रहना पड़े तो मुझे यहाँ नहीं रहना चाहिये। मैं भी तुमलोगोंमेंसे ही एक हूँ। मनुष्यको इस कोलाहलपूर्ण विश्वमें ही रहना है। वह कहाँ-कहाँसे उद्वेग प्राप्त करता रहेगा। यदि खेलका कोलाहल मुझे बाधा पहुँचाता तो कमरेमें आसन लगा लेता। अपने मनके भीतर उद्विग्नता न हो तो बाहरसे कोई उद्विग्न नहीं कर सकता। मनमें उद्विग्नता हो तो वनमें भी भ्रमर, पक्षी, बंदर आदि उद्विग्नताके निमित्त बन जाते हैं।' यह तत्त्वज्ञान छात्रोंके मस्तिष्कमें उतरनेवाला नहीं था। उनके लिये यही बहुत था कि उनके आदरणीय अतिथिको कष्ट नहीं हुआ है और कलसे तो वे अपने खेलका स्थान बदल ही देंगे।

× × × ×

[२]

घरपर वृद्ध पिता हैं और छोटा भाई है। थोड़ेसे खेत हैं। भाई खेतीका प्रबन्ध कर लेता है। एक वर्ष अनावृष्टि और फिर अतिवृष्टि। इस वर्ष आशा थी कि कुछ हो जायगा। विशेषतः ईख अच्छी लगी थी। ऋणसे छुटकारा मिल जायगा। पिछले वर्षका लगान भी देना है। सारी आशाएँ भगवती जाह्नवीकी बाढ़में बह गयीं। इतनी बड़ी बाढ़ अभी कई वर्षोंमें नहीं आयी थी। अब क्या हो? यदि इस वर्ष लगान न दिया जा सका तो पूर्वजोंकी सम्पत्ति जो थोड़ी-सी भूमि है, वह भी चली जायगी। वर्षभर पेटकी ज्वालाको भी शान्त करना ही होगा। घरका बीज भी तो गङ्गाजी ले गयीं। सोचा था कि इस वर्ष आचार्यका खण्ड देंगे। परिस्थितिने विवश किया। कहीं कामके अन्वेषणमें नगरमें भ्रमण प्रारम्भ हुआ। वह तो अपने ग्रामका छात्र है एक छात्रावासमें। अध्ययन छोड़नेपर कौन अपने यहाँ रहने देता। छात्रावास ही पण्डित मदनमोहनजीका आश्रयस्थल बन गया है इस समय।

'आपका प्रार्थना-पत्र स्वीकार हो गया है।' कितना उल्लास था सुनानेवालेमें। छात्रोंने घेर लिया। उन सबको अत्यन्त प्रसन्नता थी। अब वे उनके ही विद्यालयमें संस्कृतका अध्यापन करेंगे।

'आपके द्वारा मैं तो अब संस्कृत पढ़ूँगा।' यहाँके छात्र संस्कृतको मृत-भाषा मानते हैं। प्रायः संस्कृत अध्यापकको दो-चार छात्र ही मिलते हैं और वे भी विद्यालयमें 'खूसट' समझे जाते हैं। शेष सब अर्थशास्त्र, राजनीति और विज्ञानको महत्त्व देते हैं। 'मैं भी' एक

साथ कई कण्ठ-स्वरोंने आवृत्ति की। पण्डितजीके कारण संस्कृतका स्नेह उमड़ पड़ा था।

'मैं सन्ध्या करनेके लिये कुछ समय चाहता हूँ।' स्थिर शान्त शब्दोंमें सबसे उन्होंने आग्रह किया। आज-तक जिस स्थानपर दो-दो, तीन-तीन विषयोंके आचार्य ही नियुक्त होते रहे हैं, उस स्थानपर एक शास्त्रीकी नियुक्ति और वह भी ऐसे व्यक्तिकी जो इधर दो सप्ताह-से छात्रावासका अतिथि हो रहा है। दस, पंद्रह रुपये-के स्थानोंके लिये दिन-दिनभर नगरमें यहाँ-वहाँ भटकता रहता है। एक बार भी नहीं पूछा गया कि नियुक्तिकी सूचना कैसे मिली। प्रार्थना-पत्र कैसे स्वीकृत हुआ। सन्ध्याके आसनपर पहुँच चुके थे और कुछ क्षण भी व्यर्थ खोने अब सह्य नहीं थे।

'आप हमलोगोंको मिठाई कब खिलायेंगे?' छात्रों-का उत्साह शिथिल नहीं हुआ था। वे अबतक यही सोच रहे थे कि किस प्रकार अपने नये शिक्षकका सत्कार किया जाय। आयोजनोंकी रूप-रेखा अभी सम्पूर्ण नहीं हुई थी। सन्ध्यासे उठते ही पण्डितजीको उन्होंने पुनः घेर लिया।

'मेरे भगवान् तो मिठाई खाते नहीं।' हँस रहे थे वे। 'प्रसाद सबको नित्य प्राप्त ही होता है और मिठाई ही खानी हो तो प्रतीक्षा करनी चाहिये, जबतक मैं प्रथम पारिश्रमिक कहींसे प्राप्त करूँ।' यह प्रसङ्ग यहीं समाप्त करके उन्होंने पुस्तक उठायी अपने आसन-पर पहुँचकर। इस समय गीता पढ़ाया करते हैं वे कई छात्रोंको।

पानी पड़े या पत्थर—उनका कार्य चलता रहेगा अपनी स्वाभाविक गतिसे। दूसरे तो उनके समान नहीं हैं। छात्रोंका मन गीतामें नहीं लग रहा था। अन्तरका उल्लास दबाना उन्होंने सीखा नहीं है। जीवनके जटिल भारके नीचे जबतक हृदयका उन्मद ओज पिस नहीं जाता; दया, करुणा, ममता, त्याग एवं कष्टको सहनेका उत्साह तभीतक रहता है। युवक प्रेरणाशील होता है। वह प्रेरणाको गम्भीरतासे ग्रहण करता है और उसीमें शक्ति होती है आदर्शपर मिट जानेकी। उसे भ्रान्त आदर्शसे प्रेरित करना समाजको विनाशके हाथोंमें सौंप देना है। एक बार जब युवक उल्लसित हो जाता है, उसका वेग अदम्य होता है। उसकी श्रद्धा उमड़ती है और जहाँ भी उमड़ती है, सम्पूर्ण वेग होता है, उसमें।

जिसके हर्षका समय था, वह तो आज एकाकी हो गया था। पता नहीं अपने तख्तेपर बैठा किस अज्ञात-का ध्यान कर रहा था। हर्ष जैसे उसके लिये अस्पृश्य है। जब वह प्रातः उठा तो समझते देर न लगी कि छात्रोंके उल्लासने बहुत रात्रितक उन्हें जाग्रत् रक्खा है और इसीलिये उनमेंसे प्रत्येक अभी गम्भीर निद्रामें निमग्न है।

'आदेशको सञ्चालकने पुनः निरीक्षणके लिये माँगा है।' सबसे प्रथम छात्र पहुँचे विद्यालयके अध्यक्षके समीप। वे नियुक्तिपत्रको पढ़ लेना चाहते थे। उन्हें कुछ खिन्नता हुई इस उत्तरसे। 'मैं स्वयं चाहता हूँ पण्डित मदनमोहनजीकी नियुक्ति। अपनी सम्मतिके साथ शीघ्रता करनेको भी लिखा है मैंने।' छात्रोंको आश्वस्त करना चाहा उन्होंने। उनको विश्वास था कि कोई परिवर्तन नहीं किया जायगा। एक बार जो बात निश्चित हो चुकी है, उसे पुनः देखनेकी सञ्चालककी इच्छा कुछ अस्वाभाविक अवश्य प्रतीत होती थी; किंतु आशंकाका कोई कारण नहीं जान पड़ता था। छात्रों-को सन्तोषप्रद उत्तर मिले वहाँसे।

'आपके साथ अन्याय हुआ है!' सायंकाल छात्रोंमें प्रबल असन्तोष था। ज्ञात हुआ था कि सञ्चालकने नियुक्ति परिवर्तित कर दी है। 'अच्छी मोटी रकम दी गयी होगी या किसी 'बड़े' का दबाव पहुँचा होगा!' अनुमानने निश्चयका रूप लिया और कुछ लोगोंने तो यहाँतक बता दिया कि किस प्रलोभनने सञ्चालकसे यह दुष्कृत्य करा लिया है।

'भाई दिनेशचन्द्र मुझसे अधिक योग्य हैं।' पण्डितजीको न दुःख था और न रोष। 'वे मेरे सहाध्यायी रहे हैं। उनके किसी सद्गुणके कारण ही उन्हें सञ्चालकजीने उपयुक्त समझा है। हमें स्वार्थ एवं पक्षपातके कारण दूसरोंपर आक्षेप नहीं करना चाहिये।' जान-बूझकर भी उन्होंने नहीं बताया कि दिनेशचन्द्र द्वितीय श्रेणीमें उत्तीर्ण हुए हैं और कक्षामें भी सबसे पीछे ही बैठना अपने लिये उपयुक्त समझा करते थे वे।

'उनका सबसे बड़ा सद्गुण यह है कि वे सञ्चालकजीके सम्बन्धीके पुत्र हैं!' एक छात्र रोषसे उबल पड़ा। 'लेकिन विद्यालय तथा हमारे हितका यह दमन हमलोग नहीं करेंगे।' प्रदर्शन तथा हड़तालके निश्चयके साथ विद्यालयसमितिके सदस्योंके समीप आवेदन करना भी स्थिर हो गया।

'मैं इस परिस्थितिमें अपनेको उलझाना नहीं चाहता और यदि मुझे सन्तुष्ट करके तुमलोगोंको मेरा सहयोग अभीष्ट है तो शान्त रहना चाहिये। यदि असन्तोष व्यक्त किया गया तो मुझे छात्रावास छोड़ना होगा और तब तुम्हारे प्रयत्नोंका कोई अर्थ ही नहीं होगा।' उन्होंने एकदम शान्त कर दिया सबको। 'मेरे एक सहपाठीको यह पद प्राप्त करनेका अवसर मिला है, मैं इससे प्रसन्न हूँ। मेरे कष्ट, मेरी कठिनाइयाँ और यही सब उनके सम्मुख भी तो होंगी। वे अपनी विकट परिस्थितियोंसे किसी प्रकार छूटें तो सही।' कौन जानता था छात्रोंमें कि दिनेशचन्द्र सर्वदा उन्हें अपमानित किया करते थे। उनसे द्वेष रखते तथा शिक्षकसे उनकी निन्दा करते रहते थे। इस ईर्ष्याका कारण था उनकी प्रतिभा। कक्षामें दिनेश कभी उनके समकक्ष न हो सके। आवश्यकता न होनेपर भी अध्यापनका स्थान उन्होंने प्राप्त किया था, केवल मदनमोहनजीकी ईर्ष्याके कारण। सञ्चालक उनके सम्बन्धी थे और यह सह्य नहीं हुआ कि अपने प्रतिस्पर्धीको वे इस पदपर प्रतिष्ठित देखें।

'आप क्या करेंगे?' हतोत्साह छात्रोंने प्रश्न किया।

'मैं प्रयत्न कर रहा हूँ और यही प्रत्येक व्यक्ति कर सकता है।' स्वर शान्त था। 'प्रत्येक जल-सीकर तथा प्रत्येक अन्न-कणपर—विश्वके प्रत्येक पदार्थपर नामाङ्कन कर रक्खा है स्रष्टाने। जो जिसके प्रारब्धका है, केवल वही उसे प्राप्त कर सकता है। मनुष्यका लोभ, अमर्ष व्यर्थ है।' मदनमोहनजीके सन्ध्याका समय हो गया था और वे आसन उठा चुके थे।

'अपने पुस्तकालयमें एक स्थान रिक्त है!' एक छात्रने सूचना दी।

'तुम चाहते हो कि पण्डितजी अपने सहपाठीके निरीक्षणमें काम करें?' दूसरेने डाँटा। पुस्तकालयके निरीक्षणका भार संस्कृत-अध्यापकके ऊपर होता है और वही उस विभागके कर्मचारियोंको नियन्त्रित करता है।

'मैंने उसके लिये प्रार्थना कर दी है!' उन्होंने पीछे मुख किये बिना ही सूचित किया। 'ग्रन्थावलोकन तथा अध्ययनका अवकाश है उसमें। जब कार्य करना है तो किसीके भी नियन्त्रणमें कार्य करना अपमानका कारण नहीं हो सकता।' छात्रोंको आश्चर्य हुआ। इस प्रकारके निर्लिप्त पुरुषके परिचयमें वे प्रथम बार आये थे।

'आप ग्रन्थोंकी पुरानी सूची देख लें! मिला लें और नवीन सूची बना लें।' नवीन संस्कृत अध्यापकने प्रार्थनापत्र स्वीकार कर लिया था। कक्षामें जिससे सदा वे पीछे रहे, उसीपर शासन करनेकी भावनाने उदार बना दिया उन्हें। पहले ही दिन उन्होंने आदेश दिया—'जिन ग्रन्थोंके आवरण-पृष्ठ नष्ट या अस्त-व्यस्त हुए हैं, उन्हें सुधर जाना चाहिये। एक व्यवस्थित सूचीपत्र चाहिये कि किन आवश्यक ग्रन्थोंका अभाव है।' आज ग्रन्थोंके प्रति उनमें अनुराग जाग्रत् हो गया था। अध्ययन-कालमें की गयी उपेक्षाका जैसे पूरा प्रायश्चित्त कर लेना चाहते हों। मदनमोहनजीने शान्तिपूर्वक सावधानीसे समस्त आदेश स्वीकार कर लिये।

× × ×

[३]

'आपको रहना चाहिये। कम-से-कम एक व्यक्ति तो रहे विद्यालयके निरीक्षणार्थ !' दिनेशचन्द्रने आज स्वरको नम्र बना लिया था। 'ग्रामशिविरमें पुस्तकालय ले जाना अनावश्यक है और ऐसे समय यह बहुत निश्चित है कि मरे हुए चूहोंकी दुर्गन्धिसे वह भर जायगा। आपके रहनेसे उसकी सँभाल रहेगी और साथ ही सँभाल रहेगी विद्यालयकी भी।' नगरमें प्लेग फैल चुका था। नागरिकोंमेंसे अधिकांश बाहर जा चुके थे और जो रह गये थे, भागनेकी चिन्तामें थे। विद्यालयके तंबू-खेमे आदि नगरसे दूर भेजे जा चुके थे। दूसरे ही दिन विद्यालय वहाँ चला जायगा।

'क्लेश और मृत्यु—दोनों प्रारब्धके भोग हैं। यदि उन्हें आना है तो वन रोक नहीं सकता और नहीं आना है तो नगर उन्हें बुलानेमें समर्थ नहीं !' पण्डित मदन-मोहनजीने शान्तिपूर्वक स्वीकृति दी। 'मैं अपने दायित्वका अनुभव करता हूँ। आप निश्चिन्त होकर जा सकते हैं !' घरसे बार-बार आग्रहभरे पिताके पत्र आ रहे थे कि इस समय वे घर चले आवें; किंतु ऐसे कठिन समयमें विद्यालयको छोड़ना उपयुक्त नहीं जान पड़ा उनको।

'गणेशजीके एक बाहन इधर पड़े हैं !' मध्याह्नमें सेवकने सूचित किया। वह पुस्तकोंको स्वच्छ करनेमें लगा था।

'रुको !' पण्डितजी जानते थे कि अशिक्षित जन आशङ्कासे अधिक आक्रान्त हुआ करते हैं। 'अब यहाँ काम करना बंद कर दो !' उन्होंने स्वयं एक कागजपर चूहेको उठाया और दूर ले जाकर अग्निसंस्कार कर दिया। स्नान तो करना ही था इसके पश्चात्।

'तड़-तड़ तड़-तड़ !' कोई मुख्य द्वारपर आघात कर रहा था। पण्डितजीको साधारण ज्वर हो आया था। वे उठे। दीपककी बत्ती ऊँची हुई। 'कौन है ?' ज्ञात हो रहा था कि एक पूरी भीड़ खड़ी है बाहर। खिड़कीके छेदोंसे उन्होंने देखा। अन्धकारमें पता नहीं भालोंके नोक चमक रहे थे या नंगी तलवारें। लाठियोंकी खटपट सुनायी पड़ती थी। द्वारका प्रकाश आततायियोंने नष्ट कर दिया था।

'द्वार खोलो !' बाहरसे किसी भारी कण्ठने क्रुद्ध स्वरमें आदेश दिया। जनहीन नगरमें कई स्थानोंपर गतरात्रि ताले टूटनेकी बात सुनी जा चुकी है। 'तुम लोगोंने बड़ा ऊधम मचा रक्खा है ! तुम्हारे संग्रहालयमें सुनते हैं, दूसरोंके धर्मग्रन्थोंकी खोज हो रही है और इस तरह तुम हमारी खिल्ली उड़ाया करते हो ! हमें महज अपनी चीजोंसे मतलब है और तुम सीधे उन्हें दे दो, यह तुम्हारे भलेके लिये है।' विद्यालयके प्रति एक वर्ग रुष्ट रहा करता है और विशेषतः उसके साहित्यिक अन्वेषण-विभागसे। आज अवसर पाकर आततायी बन गया है वह समूह।

'आपलोग लौट जायँ ! जबतक मैं यहाँ हूँ, आप भीतर आनेका व्यर्थ प्रयास कर रहे हैं !' एक ज्वरार्तके कण्ठस्वर-जैसा नहीं था वह स्वर। यह समझ लिया गया था कि यदि द्वार खोला गया तो पुस्तकालय अग्निकी लपटोंमें होगा। आततायियोंके हाथोंके जलते उल्मुक उन्हें रात्रिमें पिशाच बनाये हुए थे।

'अच्छा, देखेंगे हम !' द्वारपर आघात और प्रबल हो गया। 'काफिरको कुत्तेकी मौत न मारा तो आना ही बेकार हुआ।' गालियोंकी बीभत्सताका वर्णन व्यर्थ है।

'मैं अन्तिम बार कहता हूँ, आपलोग हट जायँ !' भय जब मनुष्यके मानसको अव्यवस्थित नहीं करता, स्थिर बुद्धि स्वतः आपत्तिमेंसे मार्ग निकाल लेती है। द्वारके ऊपरसे पण्डितजीका निश्चयात्मक स्वर सुनायी पड़ा। 'अब मैं यहाँसे ईंटें डाल रहा हूँ नीचे और उससे आहतोंका उत्तरदायित्व स्वयं उनपर होगा।' एक क्षण—एक धमाका और एक कोई आह करके बैठ

गया। मुख्य द्वारके ऊपरके कमरेसे सचमुच पण्डितजीने एक ईंटा छोड़ दिया था।

'अच्छा, देख लेंगे !' क्रुद्ध आततायी पीछे हटनेको विवश हो गये। एक ब्राह्मणने उन्हें इस प्रकार नीचा दिखाया, इसका बदला लेंगे वे। पण्डितजी परिस्थिति न समझते हों, ऐसी बात नहीं। वे जानते थे कि ये लोग विद्यालयके समीपके घरोंसे ही आये हैं। छिपकर उनका आघात कभी भी सम्भव है। कोई कबतक अपनेको विद्यालयके घेरेमें बन्दी रक्खेगा। यह ठीक होकर भी ठीक नहीं था। पण्डितजी जानते हैं कि विश्वनियन्ताकी इच्छाके विरुद्ध कोई कुछ कर नहीं सकता। ऐसा विश्वासी हृदय भयके लिये कभी उन्मुक्त नहीं होता।

'पण्डितजी ! आप विद्यालयके आदर्शको जानते हैं !' दिनेशचन्द्रजीने नगरमें पहुँचते ही व्यङ्ग्यवर्षा प्रारम्भ कर दी। आभार मानना तो किसीका उन्होंने सीखा ही नहीं है। 'आपसे आशा थी कि अपनेको उसके अनुकूल बना लेंगे। हमें इन ट्रेडमार्कोंकी अब आवश्यकता नहीं है।' यह आक्षेप था तिलकपर। उनकी पूजा-पाठका तो प्रायः परिहास किया जाता रहा है।

'मेरे व्यक्तिगत आचरणोंका कोई अनिष्ट प्रभाव मेरे कार्यपर नहीं पड़ता।' पण्डितजीका एक नियमित उत्तर रहा है।

'आपके द्वारा छात्रोंके सम्मुख एक भ्रान्त आदर्श उपस्थित होता है।' जो आक्षेप करनेपर ही उतारू हो, उसके लिये निमित्तोंका क्या अभाव। 'इसी छूत-छातके खटरागके कारण देशका सर्वनाश हुआ और आप यहाँ भी वही रोग संक्रामक बना रहे हैं। आपका यह नाक दबाना और घंटी हिलाना, यहाँके सुसंस्कृत वातावरणके उपयुक्त नहीं है।' इधर कई छात्र पूजाके अवसरपर ही उन्हें स्पर्श कर दिया करते हैं। कई बार स्नान करना पड़ता है। भोजनालयमें भी उच्छृङ्खलता होने लगी है। फलतः कई समय फलोंपर रहना पड़ता है। इस सबमें जिसका गुप्त संकेत है, वह अज्ञात नहीं।

'मैं समीपमें कोई स्थान देख रहा हूँ।' पण्डितजीने शान्तिसे सूचित कर दिया। 'शीघ्र ही छात्रावाससे वहाँ अपना आसन बदल लूँगा और तब आपको कोई अवसर नहीं प्राप्त होगा।' एक मकान उन्होंने देख भी लिया है। पड़ोस अच्छा नहीं। आसपासके लोग द्वेष करते हैं उनसे। उनके कारण ही उस रात्रिमें विफल जो लौटना पड़ा था। जो भी हो, स्थान तो बदलना ही होगा।

अब भी गिल्टियोंमें पीड़ा है मन्द-मन्द। ज्वरने छोड़ दिया; किंतु शरीरमें शक्ति नहीं लौटी। नवीन स्थान अनुकूल तो क्या पड़ेगा, जो छात्रों और विद्यालयके सेवकोंकी सहायता मिल जाती थी, उससे भी वञ्चित हो गये। अब अपने ही हाथों सब कार्य करना है। ठीक समयसे तनिक भी विलम्ब हुआ पुस्तकालय पहुँचनेमें तो बहुत कठोर शब्द मिलेंगे स्वागतमें। इधर एक और आपत्ति आ गयी। कभी आँगनमें अस्थिखण्ड मिलता है और कभी मांसके टुकड़े। पड़ोसियोंका रोष इस रूपमें प्रकट हुआ है। पूरा स्थान प्रक्षालित करना और फिर स्नान करना। दिनमें दो बार यह करनेमें भोजन बनानेको समय कहाँ रह जाता है।

'दिनेशचन्द्रजीको तो गिल्टियाँ आ गयी हैं।' पहुँचते ही किसीने सूचित किया। दो दिनसे संस्कृतके अध्यापक ज्वरमें पड़े थे। पण्डितजी उनकी दिनमें दो बार पूछ-ताछ कर आते थे। शीघ्रतासे उनके निवासपर पहुँचे। वहाँ उनके पिता आ गये थे और पुत्रको घर ले जानेकी व्यवस्था हो रही थी।

'भाई मदनमोहनजी !' बहुत दिनोंपर दिनेशजीके मुखसे ये शब्द निकले थे। 'मैंने जो नीच व्यवहार किया है, उसके लिये क्षमा करना।' जो कोई नहीं

समझा सकता था, रोग एवं मृत्यु-भयने उसे समझा दिया।

'भाई ! लज्जित न करो मुझे।' पण्डितजी बैठ गये उनके सिरहाने। 'तुम स्वस्थ हो जाओ ! मैं हृदयसे चाहता हूँ, तुम अच्छे हो और यदि मेरे कोई सत्कर्म तुम्हारी सहायता कर सकें, तो तुम्हारे लिये मैं उन्हें अर्पित करता हूँ।' तबतक वे वहीं रहे, जबतक दिनेशकी मोटर चली नहीं गयी वहाँसे।

'मालिक आपका भला करे !' दिनेशजीके यहाँसे लौटकर वे इस बुढ़ियाके घर जानेको विवश हुए। क्या हुआ जो इसी मकानसे हड्डी और मांसके टुकड़े गिरते रहे हैं, उनके यहाँ। क्या हुआ जो स्थान सर्वथा दूषित, दुर्गन्धित एवं अशुद्ध है। वे कुछ थोड़ा-सा उपचार जानते हैं और एक वृद्धाका एकमात्र पुत्र रोग-शय्यापर पड़ा था। रात्रिभर रोगीके सिरहाने जागते हुए व्यतीत करके लौटे हैं वे। 'आपकी दुआसे बच्चेने आँखें खोल दी हैं और बुखार कम हो गया है।' बेचारी बुढ़िया कृतज्ञताके आवेशमें पैरोंपर पड़ते समय भूल ही गयी कि पण्डितजी स्नान करके पूजापर बैठने जा रहे हैं।

'उहूँ, तुम्हारी यह छोटी-सी माला हमारे गलेमें नहीं आवेगी। डाल दो इसे चरणोंपर !' दुबारा स्नान करके पण्डितजी आसनपर बैठे। यह क्या हो रहा है आज। उनके श्रीविग्रह तो इतने बड़े नहीं हैं। अहा ! ये ज्योतिर्मय अरुण चरण ! यह स्निग्ध धवल प्रकाश और यह मन्द-मुसकानसे वह नटखट कह क्या रहा है। हर्ष, अमर्ष, भय, उद्वेगपर विजय पाकर जो कर्तव्य एवं आर्तोंकी सेवामें अपनेको समर्पित कर चुका है, सर्वस्वरूप आज उसके सम्मुख नवजलधर श्यामके रूपमें घनीभूत हो गया था।

शान्तिकी खोज

(लेखक—साधुवेषमें एक पथिक)

मनुष्य जबतक पूर्ण परात्पर परमात्मामें ही बुद्धि स्थिरकर उन्हींमें निवास नहीं करता, तबतक पूर्ण शान्ति अथवा परमानन्दका अनुभव कहीं नहीं कर सकता, उसे नित्य किसी-न-किसी अभावसे दुखी रहना पड़ता है। सभी प्रकारके अभाव—दुःखकी निवृत्ति और परमानन्दकी प्राप्तिका साधन सत्याधार परमात्माका पूर्ण योगानुभव है।

परमानन्दस्वरूप परमात्माके योगानुभवसे सांसारिक पदार्थोंके संयोग-वियोगजनित सुख-दुःख मिट जाते हैं। संसारके सुख तथा दुःख ही तो प्राणीके बन्धनका कारण हैं। अब प्रश्न उठता है कि परमात्माका योगानुभव किस तरह हो, तो इसका साधन परमात्माके प्रति प्रगाढ़ भक्ति है। इस प्रकारकी भक्तिका साधन प्रगाढ़ ध्यान है। ध्यान करना नहीं पड़ता है, स्वतः ही होता रहता है और वही सच्चा ध्यान है। इस तरहके ध्यानका साधन प्रगाढ़ प्रेम है, प्रेम होनेपर स्वतः ध्यान रहता है और प्रेम वह है जिसमें प्रेमपात्रके अतिरिक्त अन्य किसीके लिये हृदयमें स्थान न रहे, अपने तन-मनके सुख-दुःखका भी ध्यान न रहे। इस प्रकारके प्रेमका साधन परम प्रभु परमात्माकी नित्य कृपाका अनुभव है। सांसारिक सम्बन्धियोंमें जिसकी जितनी अधिक सुखमय कृपाका अनुभव होता है, उतना ही उससे प्रगाढ़ स्नेह होता है। विचार-दृष्टिसे देखनेपर पता चलता है कि परमात्माकी हमपर अनन्त कृपा है, वे तो हमारा कभी त्याग या तिरस्कार करते ही नहीं हैं, उन्हींमें रहकर उन्हींकी सत्तासे हम अपनी सभी प्रकारकी वासनाओं, कामनाओंकी पूर्ति करते हैं। नाना प्रकारके सुख भोगते हैं; अज्ञानवश अपने सुखकी प्राप्तिके लिये हम चाहे जितने पाप-अपराध करें फिर भी उन्हींसे नित्य जीवनकी शक्ति पाते हैं। इस तरहकी कृपाका जितना ही अधिक अनुभव होता है, उतना ही परम प्रभुके प्रति प्रेम बढ़ता जाता है। इस प्रकार कृपानुभवका साधन

परमाधार प्रभुका ज्ञान है। परमाधार परमात्माको जाननेका साधन सूक्ष्मबुद्धि और सद्गुरुदेवके प्रति सात्त्विक श्रद्धा है। कदाचित् किसीकी बुद्धि मन्द है तो ज्ञानी सत्पुरुषका समागम करते हुए भी अधिक कालतक ज्ञान नहीं होता। यदि किसीकी बुद्धि तीव्र है परंतु सद्गुरुके प्रति शुद्ध श्रद्धा नहीं है तो भी यथार्थ ज्ञान नहीं होता। श्रद्धाके अभावमें अपनी सीमित जानकारीका अभिमान ज्ञानके उच्च सोपानोंमें नहीं बढ़ने देता। शुद्ध ज्ञानके लिये ज्ञानीके प्रति श्रद्धा और तीव्र बुद्धि दोनोंका होना अत्यावश्यक है। इस प्रकारकी श्रद्धा तथा तीव्र बुद्धिका साधन संत-महात्माओंका सत्संग है। संगके अनुसार ही बुद्धि बनती है और बुद्धिके अनुसार ही न्यूनाधिक ज्ञान होता है।

मनुष्यको अपने जन्मके साथ ही किसी-न-किसी तरहका संग अवश्य मिलता है, जिस प्रकारके भाव-विचार और भाषा-भूषावाले लोगोंका संग सुलभ रहता है उसी प्रकारके भाव-विचार, वेष-भूषा आदि मनुष्यमें दृढ़ हो जाते हैं। यदि किसीको जन्म लेनेके साथ ही यथार्थदर्शी ज्ञानी महात्माओंका संग सुलभ हो जाता है तो निस्सन्देह उसकी बुद्धिमें उन्हीं ज्ञानी पुरुषोंका ज्ञान बढ़ता जाता है। यह भी समझ लेना आवश्यक है कि संगका आशय शरीरमात्रकी समीपतासे ही नहीं है अपि तु शरीरके साथ इन्द्रिय-मन और बुद्धिके संयोगसे है, क्योंकि किसीका शरीर कदाचित् ज्ञानी पुरुषके समीप रहने लगे और मन-बुद्धि किसी अज्ञानी प्रपञ्चोपासक व्यक्तिमें लगे रहें तो उसके मन-बुद्धिपर प्रपञ्चीका ही प्रभाव पड़ेगा, जिसमें मन लगा होता है, जिसमें बुद्धि स्थिर होती है उसीका प्रभाव पड़ता है, उसीका ज्ञान होता है; इसीलिये ज्ञानी संत-महात्माओंका मनोयोगपूर्वक बुद्धिसे संग होना चाहिये। ऐसा होनेपर ही ज्ञानी पुरुषोंकी कृपासे बुद्धि सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती जाती है और गुरुदेवके प्रति श्रद्धा भी शुद्ध और स्थिर होती है।

ज्ञानी संत-महात्माओंके सुसंगका साधन सञ्चित पुण्य है, मन्दभागीको संत-समागम सुलभ नहीं होता, पाप संतोंके प्रति झुकने नहीं देते हैं। जब कभी पुण्य बन गये तो उन्हींके प्रभावसे संत-महात्माओंके प्रति आकर्षण होता है, उनका सुयोग सुलभ हो जाता है। पुण्य-प्राप्तिका साधन दूसरोंकी सेवा और हित है।

सेवा करनेवालोंको सदा यह ध्यान रखना चाहिये कि यदि सेवा करते हुए दूसरोंको केवल बाहरसे सुखी करनेका ही पक्ष लिया जाता है और उसके हितका ध्यान नहीं रक्खा जाता है तो वह कभी-कभी पुण्य न होकर पाप एवं अपराध बन जाता है। इसलिये बुद्धिमान्को दूसरेके सुखका ही ध्यान न रखकर उसके हितका ध्यान रखना चाहिये। हितमूलक सेवाका परिणाम अत्यन्त सुखमय होता है। सुखकी अनुभूति इन्द्रिय-मन आदि निम्नक्षेत्रोंद्वारा होती है और हितका ज्ञान बुद्धि अर्थात् विज्ञानमय क्षेत्रसे होता है। पुण्यवान् होनेके लिये सेवारूप साधनमें यदि निर्बलता बाधक बने तो निर्बलता दूर करनेका साधन तप है। तपका अर्थ है—सभी प्रकारके कष्टोंको धैर्यपूर्वक सहते चलना। यदि कष्ट सहनेकी शक्ति न हो तो शक्ति-प्राप्तिका साधन संयम है। मर्यादाके भीतर आहार-विहारमें संयमसे देहमें कष्टसहिष्णुताकी शक्ति बढ़ती है। रूप, रस, गन्ध, स्पर्शादिमें संयम रखनेसे इन्द्रियोंमें शक्ति दौड़ती है, इसी प्रकार सङ्कल्प, विकल्प, वासना और इच्छामें संयम रखनेसे मनोबलकी वृद्धि होती है और विचारोंमें संयम रखनेसे बुद्धिमें योग्यता आती है। संयमीको अपनी शक्तिका कहीं भी दुरुपयोग नहीं करना चाहिये और यह तभी सम्भव है जब साधक सद्गुणोंसे सम्पन्न हो जाय। सद्गुणोंसे सम्पन्न होनेका साधन मोह-माया, मान, लोभ और क्रोधादि विकारोंका त्याग है। विकाररहित एवं निरभिमान होनेका साधन विनम्रतापूर्वक निर्विकार ज्ञानी पुरुषकी उपासना है। ज्ञानी पुरुषके निकटस्थ होनेपर ही साधक अपने दोषोंको देख पाता है और

अपने दोषोंको ही समस्त दुःखोंका कारण समझकर सदाके लिये उनका त्याग कर देता है। निर्दोष जीवन पूर्णानन्दकी प्राप्तिका साधन है। इस प्रकारका जीवन ही भगवान्‌को अति प्रिय होता है। निर्दोष जीवन अपने सर्वाङ्गोंसे पवित्र होनेके कारण ही भगवान्‌को पूर्णरूपसे ग्रहण करनेमें सफल होता है। वह निर्दोष शरीरसे सर्वरूपमय भगवान्‌के साकार रूपकी सेवा करता है, अपने निर्दोष नेत्रोंसे भगवान्‌की विश्व-व्याप्त सुन्दरताको देखता रहता है और उन्हींको अपना सर्वस्व मानकर निरन्तर मनन करते हुए परम संतुष्ट रहता है। इसी प्रकार अपनी निर्दोष बुद्धिसे नाम-रूपमय जगत्‌के पीछे रहनेवाली सर्वाधार भगवान्‌की सत्ताको जानते हुए निर्भर रहता है और अपने निर्दोष अहंसे भगवान्‌के अखण्ड चिन्मात्र स्वरूपका अनुभव करते हुए विन्दुकी भाँति आनन्दसिन्धुमें तन्मय रहता है। और इस तरह अपूर्ण संसारमें अभावग्रस्त जीवात्मारूपी साधक अपने निर्दोष जीवनरूपी साधनके द्वारा पूर्णानन्दस्वरूप जगदाधार परमात्माको प्राप्त करता है। यही पूर्णसिद्धावस्था है, इसमें पहुँचे बिना संसारमें किसीको कहीं भी परम शान्ति नहीं मिल सकती।

पक्षी

[कहानी]

(लेखक—श्रीआत्मारामजी देवकर 'साहित्यमनीषी')

घोंसलेमें बैठा हुआ पक्षी मधुर स्वरसे गा रहा था। प्रातःकालकी भीनी-भीनी वायु चित्तको प्रसन्न कर रही थी। भगवान् भास्करका स्वागत करनेवाले सहयोगी पक्षियोंका कलरव आनन्दको बढ़ा रहा था। नैसर्गिक शोभा किसी अलक्षित प्रेम-राज्यका स्मरण दिला रही थी। अचानक एक अहेरी आकर घोंसलेके आगे खड़ा हो गया। उसने भैरव-हुंकार करके पक्षीको ललकारा और तत्काल धनुषपर बाण चढ़ा लिया। घोंसला कदलीपत्रकी नाईं काँप उठा। पक्षीने व्यग्र होकर कहा—'तुम कौन हो?' अहेरीने कड़ककर उत्तर दिया—'मुझे लोग कराल काल कहते हैं।' पक्षीने प्रश्न किया—'तुम्हारे आनेका क्या कारण है?' अहेरीने निःस्पृहतासे कहा—'मैं तुम्हारा अन्त करनेके लिये आया हूँ।' पक्षी मुसकराकर बोला—'मैंने क्या अपराध किया है?' अहेरीने उत्तर दिया—'तुमने कर्म-सूत्र छिन्न नहीं किया; बस, यही तुम्हारा अपराध है।' पक्षी खिल-खिलाकर हँसने लगा और भौंहें चढ़ाकर बोला—'तुम महामूर्ख हो।' अहेरीने गर्जकर कहा—'यह उद्दण्डता! तुम मुझे किस आधारपर मूर्ख बना रहे हो?' पक्षीने उत्तर दिया—'न जानना ही मूर्खता है, जिसे जीवका धर्म कहते हैं।' अहेरीने तीव्र स्वरसे कहा—'मैं त्रिकालज्ञ हूँ, ऐसी कौन-सी बात है, जिसे मैं नहीं जान सकता?' पक्षीने शान्तभावसे उत्तर दिया—'अच्छा, तो बतलाओ मैं कौन हूँ?' अहेरी बोला—'पाञ्चभौतिक शरीरधारी संसारी।' पक्षीने अट्टहास किया और भर्त्सना करके कहा—'यही तुम्हारा अज्ञान है, तुम घोंसलेको मेरा रूप मान रहे हो, इसीसे मुझे पाञ्चभौतिक कहते हो। यह नहीं जानते कि तुम्हारे नष्ट हो जानेपर भी मैं बना रहूँगा।' अहेरीने साश्चर्य घोंसलेकी ओर देखकर उत्तर दिया—'अच्छा, तुम्हीं मुझे अपना वास्तविक रूप बतला दो।' पक्षीने आश्वस्त स्वरसे कहा—'मैं वही हूँ, जिसका भेद आजतक किसीको नहीं मिला, न मिल सकता है, वेदोंने जिसका अन्त नहीं पाया, जिसपर सुख-दुःखका प्रभाव नहीं पड़ता, जो काल, कर्म और स्वभावके बन्धनसे मुक्त है, जिसको नित्य, निरञ्जन एवं सच्चिदानन्द कहते हैं।' अहेरी लाल-लाल नेत्र दिखलाकर बोला—'इसका क्या प्रमाण है?' पक्षीने दृढ़तासे कहा—'प्रत्यक्षके लिये प्रमाणकी क्या आवश्यकता है, करके देख लो।'

अहेरीने कानतक धनुष खींचकर बाण छोड़ दिया। घोंसला शाखाका आधार त्याग नीचे गिर पड़ा। अहेरीने देखा कि घास-फूसके अतिरिक्त उसमें अन्य कोई पार्थिव पदार्थ नहीं है। एक ही क्षणके अनन्तर अहेरीको स्पष्ट सुनायी दिया कि दूसरे घोंसलेमें बैठा हुआ वही पक्षी अत्यन्त ललित, आकर्षक एवं हर्षोत्फुल्ल स्वरसे स्वर्गीय गानकी तान छेड़ रहा है।

जीवनका दार्शनिक विश्लेषण और प्राच्यदर्शनके अनुसार उसकी व्याख्या

(लेखक—श्रीजयनारायणजी मल्लिक, एम्० ए०, साहित्याचार्य, साहित्यालङ्कार)

जीवन एक समष्टि है। शरीर और आत्मा—दोनोंके संयुक्त समूहका नाम जीवन है और दोनोंके वियोगका नाम मृत्यु है। बिना शरीरका आत्मा शक्तिहीन है तथा बिना आत्माका शरीर शवके रूपमें जड तथा चैतन्यहीन है। हम किसीके शरीरको जीवनके नामसे नहीं पुकार सकते और न उसके आत्माको ही। दोनोंकी समष्टिको ही हम जीवन कहते हैं। इसी प्रकार इस विशाल सृष्टिका भी एक शरीर है और एक इसका आत्मा है। सृष्टिकी अवस्थामें ये संयुक्त तथा प्रलयकी अवस्थामें वियुक्त रहते हैं। सृष्टिका शरीर प्रकृति और सृष्टिका आत्मा परब्रह्म या परमात्मा है। इन्हीं दोनों तत्त्वोंको हम चित् और अचित् (Nature and God), प्रकृति और पुरुष (Matter and Spirit), ब्रह्म और माया, आत्मा और शरीर (Soul and Body) तथा अन्य भिन्न-भिन्न नामोंसे पुकारते हैं। इन्हीं दोनों तत्त्वोंकी समष्टिका नाम संसार है। सृष्टिकी अवस्थामें ये अपने स्थूल तथा प्रलयकी अवस्थामें ये अपने सूक्ष्मरूपमें पाये जाते हैं। संसारमें कुछ लोगोंका ध्यान सृष्टिके शरीरतत्त्वकी ओर गया और अन्य लोगोंका ध्यान उसके आत्मतत्त्वकी ओर। पश्चिमने जीवन और सृष्टिके शरीरको ग्रहण किया, प्राचीने उसकी आत्माको। शरीर भौतिक और दृष्टिगोचर है, अतः इसमें Observation और Experiment (दृष्टि-गणना तथा जाँच) की गुंजाइश है। अतः यह विज्ञानका विषय है। आत्मतत्त्व स्थूल इन्द्रियोंसे नहीं देखा जा सकता। यह गम्भीर विचार तथा सूक्ष्म-बुद्धिका विषय है। अब इसको दर्शनने अपनाया। पश्चिम विज्ञानकी ओर झुका; पूर्व दर्शनकी ओर। पश्चिम सृष्टिके शरीर-तत्त्व—प्रकृतिका विश्लेषण करने लगा; पूर्व दार्शनिक सिद्धान्तके आधारपर आत्माका अन्वेषण करने लगा। पश्चिमकी कला और साहित्यपर भौतिक विज्ञानकी छाप है। वह भौतिक और शारीरिक सौन्दर्यकी ओर विशेष आकृष्ट हुआ है; प्राचीने शारीरिक सौन्दर्यके अन्तर्गत अध्यात्मवादकी एक रूपरेखा देखी। पश्चिमकी सर्वोत्कृष्ट नायिका—हेलेनमें हम शारीरिक सौन्दर्यकी प्रधानता पाते हैं, पर पूर्वकी सर्वोत्कृष्ट नायिका—सीताका सौन्दर्य उसकी पवित्र आत्माका दिव्य प्रतिबिम्बमात्र है। हेलेन हमारे सामने भोग्या नारीके रूपमें आती है, सीता परम पूज्या नारीके रूपमें। आज पश्चिम विज्ञानके द्वारा बाह्य प्रकृतिपर बहुत अंशोंमें विजय प्राप्त कर चुका है, पर आत्मतत्त्वकी अवहेलना करनेके कारण अन्तःप्रकृतिके ऊपर विजय प्राप्त करनेकी चेष्टा नहीं करनेके कारण पश्चिमके जीवनमें एक विराट् हाहाकार है—विलासिताकी लपट है—और स्वार्थ, हिंसा तथा द्वेषके कारण पारस्परिक संघर्ष है। पर पूर्व अध्यात्मवादकी धारामें इतनी दूरतक बह गया कि वह भौतिक विज्ञान तथा वास्तविक जीवनसे बहुत दूर चला गया था। (दुःख है आजकल वह भी अपने आदर्शको भूलकर पश्चिमका अन्धानुकरण करने लगा है!)

मैं कह चुका हूँ कि जीवन एक समष्टि है—शरीर और आत्मा दोनोंका समूह है। शुद्ध आत्मतत्त्व तो निर्विकार और सच्चिदानन्द है, पर शरीरके आवरणके अन्तर्गत ढँका हुआ आत्मा जीवात्माके रूपमें हमारे सामने आता है। आत्मा तीन शरीरों और पाँच कोशोंसे आच्छादित है—स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर और कारण या लिङ्ग शरीर तथा अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश और आनन्दमय कोश। स्थूल शरीर ही हमारा अन्नमय कोश है। स्थूल शरीरका निर्माण तथा वृद्धि खाये हुए भोजनसे होती है। हमारे सूक्ष्म शरीरमें प्राणमय कोश, मनोमय कोश तथा विज्ञानमय कोश स्थित हैं। हमारे कारण-शरीरमें आनन्दमय कोश है। मृत्युके समय स्थूल शरीरसे हमारा वियोग हो जाता है, पर सूक्ष्म शरीर मृत्युके बाद स्वर्ग, नरक एवं पुनर्जन्मकी अवस्थामें भी हमारे साथ रहता है। हमारे कर्मोंके संस्कार इसी सूक्ष्म शरीरपर अङ्कित रहते हैं और वही सूक्ष्म शरीर स्वर्ग, नरक, पुनर्जन्म तथा भव-बन्धनका कारण है। इसी सूक्ष्म शरीरसे छुटकारा पाना मोक्ष है। कारण-शरीर तो जीवात्माके साथ सदैव रहता है। गीतामें एक श्लोक है—

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहङ्कार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा॥

अर्थात् सृष्टिकी रचना प्रकृतिके आठ अवयवोंसे हुई है। भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश (Ether)—इन पाँच स्थूल तत्त्वोंसे स्थूल शरीरका निर्माण तथा मन, बुद्धि और अहङ्कार—इन तीन सूक्ष्म तत्त्वोंसे सूक्ष्म शरीरका निर्माण हुआ है। हमारे असंख्य पुनर्जन्मों तथा योनि-परिवर्तनोंका कारण यही मन-बुद्धि-अहङ्कारसे बना हुआ सूक्ष्म शरीर है।

हमारे कर्मोंकी छाप इसी सूक्ष्म शरीरपर पड़ती है। हमारा वर्तमान जीवन हमारे अतीत जीवनका फल और हमारे भविष्य-जीवनका बीज है। जिस प्रकार एक छोटे-से वट-वृक्षमें सम्पूर्ण वट-वृक्षका विस्तार अन्तर्हित है, उसी प्रकार सूक्ष्म शरीरमें भी सारे स्थूल शरीरका विस्तार और विकास अन्तर्हित है। अनुकूल परिस्थितिमें यह विस्तार विकसित एवं प्रत्यक्ष होने लगता है। यह आश्चर्यकी बात है कि हमारे पूर्वजन्मका कर्म किस प्रकार हमारे वर्तमान जीवनको आन्दोलित तथा प्रभावित करता है। साधारणतः कर्म हम-लोग अपने स्थूल शरीरसे करते हैं और मृत्युके समय हमारा स्थूल शरीर नष्ट हो जाता है, फिर स्थूल शरीरसे किया हुआ कर्म क्यों नहीं नष्ट होता और किस प्रकार यह प्रारब्ध तथा संस्कारके रूपमें दूसरे जन्मपर भी प्रभाव डालता है? कर्म स्वतः न तो अच्छा है न बुरा। कर्म किस ध्येयसे किया जाता है, उसका लक्ष्य (Motive) क्या है, उसीपर कर्मका स्वरूप निर्भर करता है। जब हमलोग कोई कर्म करते हैं तो ज्ञानेन्द्रियाँ तथा स्नायु-जालकी ज्ञान-तन्तुएँ इसकी खबरें हमारे मस्तिष्कमें ले जाती हैं। हमारे बृहत् मस्तिष्क (Cerebrum) में कुछ कम्पन होता है—मानसिक जगत्में कुछ उथल-पुथल हो जाती है—और सूक्ष्म-शरीर-पर एक गहरी छाप पड़ जाती है, कर्मका संस्कार अङ्कित हो जाता है। यही संस्कार हमारा प्रारब्ध बन जाता है। स्थूल शरीरके नष्ट होनेपर भी सूक्ष्म शरीर तो हमारे साथ रहता है और यही सूक्ष्म शरीर अपने पूर्व-जन्मका कर्म-संस्कार प्रवृत्तिके रूपमें ले आता है, एवं प्रवृत्ति (Instincts) अज्ञातरूपसे हमारे जीवनका पथ-प्रदर्शन करती है। यदि कर्म करनेपर भी हमारे सूक्ष्म शरीरमें कोई लहर—कोई तरङ्ग उत्पन्न न हो, हमारे मानसिक जगत्में कोई उथल-पुथल न हो, तो कर्म न तो हमारे लिये बन्धनका कारण हो सकता है और न पाप या पुण्य उत्पन्न कर सकता है। उदाहरणके लिये—किसी नग्न युवतीका दर्शन या उसके वक्षःस्थलका स्पर्श पाप है; क्योंकि इन कर्मोंसे मनमें एक विकार उत्पन्न हो जाता है और सूक्ष्म शरीरपर एक छाप पड़ जाती है। पर यदि किसी नवजात शिशुके सम्मुख कोई युवती नग्न हो जाय, या किसी सोये हुए व्यक्तिका हाथ भूलसे किसी युवतीके शरीरका स्पर्श कर ले, तो कोई पापका भागी नहीं होता, क्योंकि किसीके सूक्ष्म शरीरमें विकार उत्पन्न नहीं होता। एक व्यक्ति किसी नवयुवतीकी अङ्गुलिका स्पर्श भी यदि काम-भावनासे कर ले, तो वह पापका भागी हो जाता है, पर यदि उसी नवयुवतीके वक्षःस्थलमें कोई घाव हो जाय और कोई चिकित्सक चिकित्साके हेतु उसके वक्षःस्थलका स्पर्श करे, तो वह पापका भागी नहीं होता। क्योंकि पहलेके सूक्ष्म शरीरमें कामवासनाकी लहर उत्पन्न होती है और दूसरेके सूक्ष्म शरीरमें शुद्ध कर्तव्य-प्रेरणाकी।

मैं कह चुका हूँ कि हमारा सूक्ष्म शरीर मन, बुद्धि, अहङ्कार—इन तीन तत्त्वोंसे निर्मित है। पुनर्जन्मके सारे खेल इन्हीं तीन तत्त्वोंकी न्यूनाधिक मात्राओंपर निर्भर हैं। अहङ्कार पहला तत्त्व है और इसीसे हमें प्रथम-प्रथम स्वार्थ, ममत्व (अपनापन) तथा अहं (मैं) की भावना आती है। निर्जीव और सजीवमें यही अन्तर है कि निर्जीवमें अहंकी भावना नहीं रहती और सजीवमें रहती है। इसी अहङ्कार-तत्त्वसे हमें भोजनकी तथा विकास और वृद्धिकी प्रेरणा मिलती है। वृक्ष-योनिमें केवल अहङ्कार-तत्त्वकी प्रधानता रहती है।

सूक्ष्म शरीरका दूसरा तत्त्व मनस्तत्त्व है। मनस्तत्त्वसे प्रवृत्ति (Instincts), इच्छा (Will), सुख-दुःखका अनुभव (Capacity of feeling pleasure and pain), स्मृति (Memory), विचार (Thinking) तथा कल्पना (Imagination) की प्रेरणा मिलती है। पशु-योनिमें अहङ्कार और मन—दो तत्त्वोंकी प्रधानता रहती है। भोजन और विकास, जो अहङ्कार-तत्त्वके प्रधान कार्य हैं, वृक्ष-योनि और पशु-योनिमें समान रूपसे पाये जाते हैं, पर मनस्तत्त्वके कार्य, इच्छा, अनुभूति, स्मृति इत्यादि प्रधानतः पशुओंमें पाये जाते हैं, वृक्षोंमें नहीं।

सूक्ष्म शरीरका तीसरा तत्त्व बुद्धि है। बुद्धि विवेककी जननी है और कर्तव्याकर्तव्यका निर्णय करती है। मनुष्य-योनिमें सम्पूर्ण सूक्ष्म शरीर—मन, बुद्धि, अहङ्कार—तीनों विकसित रूपमें पाये जाते हैं। पशुओंको कर्म करनेकी प्रेरणा प्रवृत्तिसे मिलती है, मनुष्योंको बुद्धि-तत्त्व और विवेकसे। पशु यह नहीं समझते कि समाजके कल्याणके लिये—जीवनको उन्नत बनानेके लिये सेवा, प्रेम और त्यागकी कितनी आवश्यकता है। यह मानवताकी पुकार है। पशुता तो प्रवृत्ति-हीका दूसरा नाम है। यदि हम अपनी प्रवृत्तिके अनुसार कार्य करते हैं, तो हममें पशुताकी प्रधानता है और यदि हम कर्तव्यकी प्रेरणासे विवेककी कसौटीपर कसकर कर्म करते हैं, तो वह पशुतापर मानवताकी विजय है।

जीवात्मा जिस किसी योनिमें क्यों न रहे, पर वह एक सूक्ष्म शरीरके आवरणके अन्तर्गत बंद है।



जीवनका विकासवाद हमें जीवनके सोपानकी ओर संकेत करता है। जीवनके मुख्यतः पाँच स्तर हैं। दो तो हम (मानव) पार कर चुके, अभी तीसरे स्तरमें वर्तमान हैं, किंतु दो उन्नत स्तर हमारे आगे हैं।



अभी हम जीवनके विकासके मध्यमें हैं। जीवनके प्रथम सोपान—वृक्षयोनिमें अहंकार जाग्रत् और मन तथा बुद्धि—ये दोनों न्यूनाधिक मात्रामें सुषुप्त रहते हैं। जीवनके द्वितीय सोपान—पशुयोनिमें बुद्धि-तत्त्व न्यूनाधिक मात्रामें सुषुप्त एवं मन तथा अहङ्कार जगे रहते हैं। मनुष्य-योनिमें तीनों तत्त्व जगे रहते हैं। अभी हम भूलोकके स्तरमें हैं। दो उन्नत स्तर—भुवर्लोक और स्वर्लोक हमसे आगे हैं। भुवर्लोकमें अहङ्कार सो जायगा, केवल बुद्धि और मन जगे रहेंगे। स्वर्लोकमें मन और अहङ्कार—दोनों सो जायँगे, केवल बुद्धि-तत्त्वकी प्रधानता रहेगी। जीवनके विकासमें वृक्ष-योनि निम्नतम है और देव-योनि उच्चतम। अहङ्कारमें तमकी प्रधानता है, मनमें रजकी और बुद्धिमें सत्त्वकी। मन, बुद्धि, अहङ्कार—इन्हीं तीन तत्त्वोंमें सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुण—ये तीनों गुण वर्तमान रहते हैं। अहङ्कारमें प्राणमय कोशकी झलक मिलती है, मनस्तत्त्वमें मनोमय कोशकी और बुद्धिमें विज्ञानमय कोशकी। वृक्ष-योनिमें तमकी प्रधानता है, पशुयोनिमें रज और तमकी, मनुष्य-योनिमें सत्त्व, रज, तम—तीनोंकी; भुवर्लोकके स्तरमें, जो मनुष्य-योनि और देव-योनि दोनोंके बीचका जीवन है, सत्त्व और रजकी; तथा देव-योनिमें केवल सत्त्वकी प्रधानता है। गायत्री इसी भुवर्लोक और स्वर्लोककी ओर संकेत करती है। 'ॐ भूर्भुवः स्वः' के द्वारा वह हमें याद दिलाती है कि जीवनके नीचेके सोपानोंकी ओर मत देखो। जीवनके ऊपरके दो स्तरोंकी ओर देखो। गायत्रीका संकेत पशुताके ऊपर मानवताकी विजय है। पशुतामें प्रवृत्तिकी प्रधानता है, मानवतामें विवेककी। गायत्री हमें कहती है कि प्रवृत्तिकी धारामें—सुख-भोगकी लालसामें अपनेको मत बहने दो, किन्तु विवेकके द्वारा अपने कर्तव्यका निश्चय करो।

वृक्ष-योनिसे लेकर देव-योनितक—स्वर्लोकतक सूक्ष्म शरीरका क्रीड़ास्थल है—मायाका राज्य है। सूक्ष्म शरीरमें चाहे बुद्धिकी प्रधानता हो या अहङ्कारकी—चाहे देव-योनि हो या वृक्षयोनि—पर आत्मा जबतक सूक्ष्म शरीरमें है, तबतक वह कर्म-संस्कारके अधीन—प्रारब्धके अधीन है और बद्ध है। जब वह सूक्ष्म शरीरसे—मन, बुद्धि अहङ्कारसे—सत्त्व, रज, तमसे पूर्णतया स्वतन्त्र हो जाता है, तभी वह मुक्त कहलाता है। इसी बातकी ओर गीताके ये श्लोक संकेत करते हैं—

ते तं भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं
क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति।
(९। २१)

अथवा—

आब्रह्मभुवनाल्लोकाः पुनरावर्तिनोऽर्जुन।
(८। १६)

मोक्ष-मार्ग किधर है, और सूक्ष्म शरीरसे छुटकारा हम कैसे पायँगे ? सूक्ष्म शरीरका विकास कर्म-संस्कारसे होता है। हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं, वे अपनी छाप—अपना प्रभाव सूक्ष्म शरीरपर रख देते हैं। इसीका नाम आसक्ति है। यदि हम अनासक्त और निर्लिप्त होकर केवल कर्तव्यकी प्रेरणासे कार्य करें, यदि कर्म करनेपर भी हमारे सूक्ष्म शरीरमें—हमारे अन्तःकरणमें किसी प्रकारकी हलचल न हो, तो उस कर्मसे सूक्ष्म शरीरका विकास नहीं होगा और उस कर्मके संस्कारसे हमारी प्रवृत्ति भी नहीं बनेगी। यदि आगे हमारे सूक्ष्म शरीरका विकास रुक गया तो प्रारब्ध भोगनेके पश्चात् हम मुक्त हो जायँगे। गीतामें कहा है कि—

यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।
हत्वापि स इमाँल्लोकान्न हन्ति न निबध्यते॥

(१८। १७)

न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा।

(४। १४)

इसीका नाम कर्मयोग है। पर कर्मकाण्ड इससे भिन्न है। कर्मकाण्ड सकाम है, कर्मयोग निष्काम। कर्मकाण्ड हमें स्वर्ग दे सकता है, पर हमारे सूक्ष्म शरीरका विकास नहीं रोक सकता। शारीरिक कर्म अच्छा भी हो, पर यदि मनको वह पवित्र नहीं बना सकता, तो उससे विशेष लाभ नहीं होता।

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।

इसी उपनिषद्-वाक्यको लक्ष्य करके तुलसीदासजीने लिखा है—

माधव! मोह-फाँस क्यों टूटै।
बाहिर कोटि उपाय करिय, अभ्यंतर ग्रंथि न छूटै॥
घृतपूरन कराह अंतरगत ससि-प्रतिबिंब दिखावै।
ईंधन अनल लगाय कलप सत, औटत नास न पावै॥

यदि हम अपने अन्तःकरणको निर्मल नहीं कर सकते, यदि हम कर्मेन्द्रियोंको विषय-भोगसे रोककर मनमें उनका चिन्तन करते रहते हैं तो हम मोक्ष-मार्गकी ओर अग्रसर नहीं हो सकते।

कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्।
इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते॥

(गीता ३। ६)

विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः।
रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते॥

(गीता २। ५९)

मैं कह चुका हूँ कि जीवन शरीर और आत्मा—दोनोंकी समष्टि है। किसीने जीवनमें—सृष्टिमें शरीरको देखा, किसीने आत्माको। शरीर स्थूल है, इसलिये कर्मका विषय है; आत्मा सूक्ष्म है, इसलिये ज्ञानका विषय है। शरीरमें हम मूर्त्त सुन्दरताकी झलक देखते हैं, इसलिये शारीरिक कर्मसे रस और आनन्दकी सृष्टि होती है। आत्माका ज्ञान शुष्क और नीरस विचारका विषय है। वेदके पूर्वभाग संहिता और ब्राह्मणने कर्मको अपनाया। वेदके उत्तरभाग—उपनिषद् और आरण्यकने ज्ञानको लिया। जैमिनिने पूर्वमीमांसामें कर्मकी मीमांसा की तथा बादरायणने उत्तरमीमांसा या वेदान्त-सूत्रमें ज्ञानकी। माता कर्मका प्रतीक है, पिता ज्ञानका। शाक्तधर्मने सृष्टिके शरीर, सृष्टिकी जननी प्रकृति देवीकी अनेक रूपोंमें, अनेक प्रकारोंमें अर्चना की। निवृत्तिमार्गी विद्वानोंने सृष्टिको, प्रकृतिको तथा संसारको माया एवं मिथ्या समझकर केवल सृष्टिके आत्मा ब्रह्मको खोजने तथा समझनेकी चेष्टा की। शाक्तों तथा मीमांसकोंका कर्म-मार्ग रहा, वेदान्तियोंका तथा निवृत्तिमार्गियोंका ज्ञानमार्ग। गीतामें कहा है—

लोकेऽस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ।
ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्॥

(३। ३)

कर्म और ज्ञान दोनों मोक्षके मार्ग हैं, पर दोनोंमेंसे प्रत्येक एकाङ्गी है, अतः अपूर्ण है। मानव न तो केवल शरीर है और न केवल आत्मा, पर दोनोंकी समष्टि है। न तो हम माताकी अवहेलना कर सकते, न पिताकी। न तो हम कर्मको छोड़ सकते, न ज्ञानको। न हम संसारका तिरस्कार कर सकते हैं, न परमात्माका। श्रीरामानुजाचार्यने अपने श्रीभाष्यमें कर्मयोग और ज्ञानयोग दोनोंका संमिश्रण कर उसपर भक्तियोगका आवरण दे दिया है। रामानुजका विशिष्टाद्वैत-वेदान्त पूर्वमीमांसा और उत्तरमीमांसा—कर्म और ज्ञान दोनोंपर अवलम्बित है। अपने मतमें उन्होंने श्रीमन्नारायणके रूपमें भगवती और भगवान्—दोनोंकी उपासना की है। श्रीशङ्कराचार्यका निर्गुण निर्विशेष ब्रह्म, श्रीरामानुजाचार्यका चिदचिद्विशिष्ट सगुण ब्रह्म हो जाता है। पर सगुण ब्रह्मकी उपासनाकी अपेक्षा निर्गुण ब्रह्मज्ञान अधिक कष्टकर है।

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।

(गीता १२। ५)

श्रीशङ्कराचार्यने संसारको मिथ्या और भ्रममात्र समझा है, अतः उनकी दृष्टिमें स्त्री, पुत्र, धन, शरीर सभी भ्रम हैं। इसलिये शरीरको स्वस्थ तथा नीरोग रखना, द्रव्योपार्जन करना, सन्तानोत्पत्ति इत्यादि सभी कार्य भ्रम मान लिये गये। और उन्हें तभीतक करना चाहिये जबतक ब्रह्मज्ञान हो जाय। पर मनोविज्ञान बतलाता है कि प्रवृत्तिकी धाराको एकाएक हम नहीं रोक सकते। हमारे अनेक जन्मोंके कर्म-संस्कार हमारी प्रवृत्तिमें एकत्रित हो गये हैं। कर्मेन्द्रियोंको बलपूर्वक हम रोक सकते हैं, पर प्रवृत्तिकी छाप जो हमारे सूक्ष्म शरीरपर अङ्कित है, उसको हम सर्वथा नहीं मिटा सकते। पर प्रवृत्तिकी धारामें निश्चेष्ट होकर बहते रहना तो पशुता है। प्रवृत्तिकी धारा बड़े वेगसे ऊपरसे नीचेकी ओर बह रही है—

मानवतासे पशुताकी ओर जा रही है। यदि हम अपनेको इस धारामें छोड़ देंगे तो यह हमें पशुताके निम्नतम स्तरमें ले जायगी। यदि हम इस धाराको जबर्दस्ती रोकनेकी चेष्टा करें तो हम सहसा सफल नहीं हो सकते। प्रवृत्तिकी धारा इतनी प्रबल है कि रोकनेकी चेष्टा किये जानेपर वह अपना मार्ग छोड़कर और भी कण्टकाकीर्ण मार्गसे बहने लगेगी। पहला मार्ग अनुचित है, तो दूसरा असम्भव। पहलेकी झलक हमें बार्हस्पत्य-दर्शनमें मिलती है, दूसरेकी श्रीशङ्कराचार्यके ज्ञानमार्गमें। चार्वाकके भौतिकवादने प्रवृत्ति-पथपर अबाध निरङ्कुश होकर चलनेका आदेश दिया। उन्होंने यहाँतक कह डाला कि—

यावज्जीवेत् सुखं जीवेद् ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्।

तथा—

मातृयोनिं परित्यज्य विहरेत् सर्वयोनिषु।

उन्होंने कामिनी और काञ्चनके बीच रसना तथा उपस्थको मुक्त होकर विचरनेकी अनुमति दे दी। इधर निरे निवृत्तिवादने विवाह, भोजन तथा गार्हस्थ्य-धर्मतकको अनुचित ठहराकर, संसारको मिथ्या बताकर, संसारको तथा प्रवृत्तिको सर्वथा त्याग करनेका आदेश किया। श्रीरामानुजाचार्य आदिने बतलाया कि न तो हम निरी प्रवृत्तिकी धारामें बह सकते, क्योंकि वह पशुताकी ओर ले जाती है; और न हम प्रवृत्तिको सर्वथा रोक ही सकते हैं, क्योंकि प्रवृत्ति प्रकृतिका सूक्ष्मरूप है और प्रकृतिके साथ सङ्घर्षमें हम विजय प्राप्त नहीं कर सकते। हमें प्रवृत्तिके साथ चलना चाहिये, पर प्रवृत्तिको परिमार्जित कर लेना चाहिये (We should sublimate the instincts)। भोजन तथा अन्य भोग हम नहीं छोड़ सकते, पर विषय-भोगकी लालसासे नहीं—मौज उड़ाने-के खयालसे नहीं, किंतु कर्तव्यकी प्रेरणासे विवेककी आज्ञासे हमें ये कार्य करने चाहिये। स्वादिष्ठ भोजन हम कर सकते हैं, पर शरीर-रक्षाके निमित्त। स्त्री-सहवास हम कर सकते हैं, पर समाजके कल्याणकी दृष्टिसे, विवाहिता पत्नीके साथ और वह भी नियम तथा संयमके साथ केवल सन्तानोत्पत्तिके लिये ही। द्रव्योपार्जन हम कर सकते हैं, पर कर्तव्यकी दृष्टिसे और वह भी सदुपयोगके लिये। गार्हस्थ्य जीवनके सारे कर्म हम कर सकते हैं, पर निष्काम निर्लिप्त अनासक्त होकर केवल कर्तव्य-की प्रेरणासे—केवल भगवत्प्रीत्यर्थ। रामानुजके मतमें कर्मयोग और ज्ञानयोग एक ही मोक्षमार्गके दो दृष्टिकोण हैं। गीता कहती है—

'सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।'

.....

'एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥'

(गीता ५। ४-५)

प्रवृत्तिको सर्वथा रोकनेकी चेष्टा करते हुए प्रकृतिको शत्रु बनाकर हम मोक्षमार्गमें जितनी दूरतक अग्रसर हो सकते हैं, उससे कहीं आगे हम प्रकृतिको मित्र बनाकर जा सकते हैं; क्योंकि प्रकृतिके साथ सङ्घर्ष करनेमें हमारी जितनी शक्तिका अपव्यय होगा, उतनी शक्तिके सदुपयोगसे हम परमात्माके और भी समीप पहुँच सकते हैं।

मैं कह चुका हूँ कि कर्तव्यका पथ-प्रदर्शक बुद्धि-तत्त्व या विवेक है। प्रवृत्ति तो केवल इच्छाकी जननी है। जब हम कोई कर्म करते हैं, तब बुद्धि-तत्त्व उसका पथ-प्रदर्शन करता है, वह यह बतलाता है कि कर्मको किस रास्तेसे किस रूपमें चलना चाहिये। प्रवृत्ति जो पूर्वकर्मोंके संस्कारको लेकर बलवती हो गयी है, कर्मको अपनी ओर खींचती है और बुद्धि-तत्त्व यदि विकसित तथा बलवान् नहीं रहा, तो कर्म-प्रवृत्तिका अनुसरण करने लगता है। जिन योनियोंमें बुद्धि-तत्त्व विकसित नहीं रहता, उन योनियोंके कर्मके लिये जीव उत्तरदायी नहीं होता। पशु प्रवृत्तिसे प्रेरित होकर कर्म करते हैं, न कि विवेकके द्वारा विचारकर। वृक्षयोनि और पशुयोनि भोगयोनि हैं और मनुष्य कर्मयोनि। वृक्ष और पशु अपने पूर्वजन्मके किये हुए कर्मके फलको प्रवृत्तिसे प्रेरित होकर भोगते रहते हैं। वे नवीन कर्म-संस्कारका निर्माण नहीं करते। मनुष्य अपने कर्मके लिये जिम्मेवार है, क्योंकि उसके पास बुद्धि-तत्त्व है। मनुष्योंमें भी शिशु, पागल और सोये हुए व्यक्ति अपने कर्मके लिये उत्तरदायी नहीं होते; क्योंकि शिशुका बुद्धि-तत्त्व पूर्ण विकसित नहीं रहता, पागलका निश्चेष्ट रहता है और सोये हुएका सुषुप्त। प्रवृत्तिका स्थान मनस्तत्त्वमें है। अतः शिशुमें, पागलमें और सोये हुए व्यक्तियोंमें भी प्रवृत्ति काम करती रहती है।

संसार प्रत्येक क्षण परिवर्तित होता रहता है। जीवन चञ्चल है, पर हम इस बातकी जाँच कर सकते हैं कि हम किधर जा रहे हैं। यदि हमारे जीवनमें अभिमान, जडता, अकर्मण्यता तथा स्वार्थकी मात्रा अधिक है, यदि हममें तमोगुणकी प्रधानता है, तो इसके बाद हम वृक्षयोनिमें जायँगे। यदि हमारे जीवनमें प्रवृत्ति, भोगलिप्सा तथा कामनाकी मात्रा अधिक है। यदि हममें रजोगुणकी प्रधानता

है, तो हम पशु-योनिमें जा रहे हैं। यदि हममें प्रवृत्ति और भोगलिप्साके साथ-साथ कर्तव्यज्ञान और विवेक भी है, तो हम फिर मनुष्ययोनिमें आ रहे हैं। यदि पशुताके ऊपर मानवताकी—विवेककी पूरी विजय हो गयी, यदि हमारे सारे कर्म केवल कर्तव्यकी भावनासे प्रेरित होते हैं, तो हम जीवनके उच्च सोपान—भुवर्लोक और स्वर्लोककी ओर बढ़ते जाते हैं। हम जीवनके कितने ऊँचे सोपानपर चले आये, हम स्वर्गके कितने समीप पहुँच गये, यह उतनी प्रधान बात नहीं है, पर हमारा मुख किधर है, यही सबसे प्रधान बात है। जीवनके निम्नतम सोपानपरका व्यक्ति भी यदि स्वर्गकी ओर मुँह किये हुए है, तो वह एक-न-एक दिन स्वर्ग अवश्य पहुँचेगा, पर स्वर्गके समीप पहुँचा हुआ व्यक्ति भी यदि नीचेकी ओर मुँह करके चलेगा, तो वह कभी-न-कभी पतनके गर्त्तमें जा गिरेगा!

शरीर-विज्ञान (Physiology) शरीरके जिन-जिन अवयवोंका ज्ञान देता है, वे सभी अन्नमय कोशके अन्तर्गत हैं; क्योंकि उनका विकास खाये हुए अन्नसे होता है, पर स्नायु-संस्थान और मस्तिष्क (Nervous system and Brain) अन्नमय कोशमें रहनेपर भी अन्नमय कोश और प्राणमय कोश—दोनोंका सन्धिस्थल है। यह संवेदनाका केन्द्र है और यहींसे प्राणमय कोश अपना कार्य प्रारम्भ करता है। जब प्रारब्धका क्षय हो जाता है और सञ्चित कर्म ज्ञानयोगकी अग्निमें जल जाता है तथा क्रियमाण कर्म अनासक्त कर्मयोगके कारण नवीन संस्कारका निर्माण ही नहीं करता, तब सूक्ष्म शरीर क्षीण और निर्जीव-सा हो जाता है। भक्तियोग और प्रपत्तियोग सूक्ष्म शरीरके बचे हुए अंशको भी छिन्न-भिन्न कर देता है। उस समय जब प्राणमय कोश सुषुम्णा नाड़ी (Central nervous system) के द्वारा सुषुम्णाद्वार (Medula) पर पहुँचता है, उस समय शरीर निश्चेष्ट हो जाता है और प्राणमय कोशकी समाप्ति हो जाती है। लघु मस्तिष्क (Cerebellum) में मनोमय कोशका भी अन्त हो जाता है तथा बृहत् मस्तिष्क (Cerebrum) के ब्रह्मरन्ध्रके समीप विज्ञानमय कोश तथा सूक्ष्म शरीरका पूर्ण अन्त हो जाता है। वह आत्मा अपने कारण-शरीर तथा आनन्दमय कोशमें आगे बढ़ता है। सूक्ष्म शरीरके नष्ट हो जानेसे पुनर्जन्म तथा स्वर्ग-नरकका कोई झंझट नहीं रहता। वह आत्मा छान्दोग्य तथा बृहदारण्यकमें कहे हुए अर्चिरादि मार्गपर अग्रसर होता है। हमें याद रखना चाहिये कि जीवात्मा प्रकाश-कण है और परमात्मा प्रकाशपुञ्ज। भौतिक विज्ञानका नियम है कि बड़ा पदार्थ छोटे पदार्थको अपनी ओर खींचता है। यदि छोटा पदार्थ किसी अन्य पदार्थसे बँधा न हो। परमात्मा भी जीवात्माको अपनी ओर खींचता है, यदि वह सूक्ष्म शरीरसे बँधा न हो। जब प्रकाशकण प्रकाशसमूहसे मिलनेके लिये प्रस्थान करता है तो प्रकाशमार्ग इसमें सहायक होता है और अन्धकार बाधक। गीता कहती है—

अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम्।
तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जनाः॥
(८। २४)

इसीलिये अर्चिरादि मार्गको मोक्षमार्ग कहा गया है। ईशावास्योपनिषद्के अन्तमें इसी मार्गसे जानेकी प्रार्थना की गयी है। रामानुजने इसे सद्योमुक्ति और शङ्करने इसे क्रममुक्ति बतलाया है।

आर्यजाति सदासे प्रकाशकी आराधना और प्रकाशका अन्वेषण करती आयी है। उपनिषद्वाक्य है कि—

असतो मा सद्गमय, मृत्योर्मामृतं गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय।

अन्धकार, अहङ्कार और पशुता—अज्ञान और तमोगुणका प्रतीक है, प्रकाश ज्ञान और मानवताका। गायत्री आर्यजातिकी चिरन्तन प्रार्थना है। गायत्री कहती है कि—

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

हम सवितादेवके उस पवित्र प्रकाशका ध्यान करते हैं जो हमारी बुद्धिको प्रकाशित करे। यहाँ सविताका अर्थ कोई-कोई सूर्य करते हैं, पर सविताका वास्तविक अर्थ परब्रह्म परमात्मा है।

ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्त्ती नारायणः।

परमात्मा ही सृष्टिका मूल कारण है।

जन्माद्यस्य यतः। (ब्रह्मसूत्र)

अथवा—

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते।

प्राणि-विद्या (Biology) बतलाती है कि सूर्यहीसे हममें जीवन आता है—सूर्यकी (Ultra-Violate) किरणोंसे हमें जीवनीशक्ति मिलती है। पर आकाशमें—इस विराट् प्रकृतिके वक्षःस्थलपर असंख्य सूर्य और असंख्य सौर-मण्डल

हैं । सूर्यके अन्तस्तलमें जो प्रकाश और जीवनीशक्ति है, उसका स्रोत परमात्मा ही है। फिर सूर्यकी किरण हमारे शरीरको प्रकाशित कर सकती है, पर हमारी बुद्धिको प्रकाशित नहीं कर सकती। परमात्माका प्रकाश हमारे अन्तस्तलमें पैठकर हमारी बुद्धिको उज्ज्वल और ज्योतिर्मय बना सकता है। फिर यदि हमारा अन्तःकरण पवित्र हो गया, हमारी बुद्धि प्रकाशित हो गयी, पशुता और अज्ञान हमसे दूर हो गये, तब तो हमारा जीवन ही सफल हो गया। इसीलिये गायत्रीकी इतनी महत्ता है।

आधुनिक विज्ञान बच्चेके शरीरको और स्वभावको पिता-माता तथा वंशपरम्परा (Heredity) पर निर्भर बतलाता है। बात है भी सही, पर इससे पुनर्जन्मका सिद्धान्त खण्डित नहीं होता। जिस प्रकार वटका बीज मिट्टीमें जाकर अपने अनुकूल रस खींचकर एक विशाल वटवृक्षमें परिणत होता है और धानका बीज अपने अनुकूल रस खींचकर धानके रूपमें, उसी प्रकार सूक्ष्म शरीर अपने संस्कार और प्रवृत्तिके अनुरूप अनुकूल योनि तथा अनुकूल पिता-माता और वंश-परम्परा खोज लेता है और तदनुसार अपने स्थूल शरीर और स्वभावका विकास करता है। सूक्ष्म शरीर तथा प्राणमय कोश प्रथम-प्रथम पिताके गर्भमें वीर्य-कीटके रूपमें अन्नमय कोश ग्रहण करता है और वर्षों वहाँ रहकर फिर माताके गर्भमें प्रवेश करता है। इस बीचमें वह अपने सूक्ष्म शरीरके संस्कार-के अनुकूल पिता-मातासे स्वभाव, विचारधारा और जीवन-शैली ग्रहण करने जाता है। जन्म लेनेके बाद फिर मित्रोंसे और समाजसे अपने सूक्ष्म शरीरके अनुकूल संस्कार ग्रहण करने जाता है।

अब हम एक बात कहकर इस लेखको समाप्त करते हैं। परमात्मा एक है और वही इस विराट् सृष्टिके स्वामी तथा सञ्चालक हैं। शक्ति, शील, सौन्दर्यके द्वारा वे सृष्टि-के सारे कार्य सम्पन्न करते हैं। सौन्दर्यगुणके सहारे ब्रह्मा-रूपसे सृष्टि, शीलगुणके सहारे विष्णुरूपसे पालन और शक्ति-गुणके सहारे रुद्ररूपसे संहार करते हैं। पाञ्चरात्रकी भाषामें जिसे संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध कहा गया है, पुराणकी भाषामें उसे ही ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र कहा गया है। उसी परमात्मा-का अंश जीवात्मा है—

ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।

(गीता १५ । ७)

और प्रत्येक प्राणीके शरीरमें इसी जीवात्माका निवास-स्थान है। इसलिये प्रत्येक प्राणीका शरीर परमात्माका मन्दिर है। किसीके साथ द्वेष रखना, किसीकी हिंसा तथा किसीके साथ अन्याय या बुराई करना, किसीको किसी रूपमें कष्ट पहुँचाना परमात्माकी अवहेलना है। सबके साथ प्रेम, न्याय तथा उपकार करना सर्वोत्कृष्ट कर्तव्य है। यही उपनिषद्की शिक्षा है।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्॥

वही बचेगा

तुझपर काल अचानक टूटैगो।
गाफिल मत हो, लवा बाज ज्यों हँसी खेलमें लूटैगो॥
कब आवैगो कौन राहसे प्रान कौन विधि छूटैगो।
यह नहिं जानि परैगो बीचहिं यह तन-दर्पन फूटैगो॥
तब न बचावैगो कोई जब काल दंड सिर कूटैगो।
'हरीचंद' एक वही बचैगो जो हरिपद-रस घूँटैगो॥

—भारतेन्दु

चातक चतुर राम स्याम घनके

(लेखक—पं० श्रीरामकिङ्करजी उपाध्याय)

नमस्कार है उस महाभाग चातकको, जिसपर केवल प्रभुके गुणानुवाद ही गानेको दृढप्रतिज्ञ महाकविकी लेखनी भी मचल उठी। इतना ही नहीं, उसके मनमें स्वयं भी 'राम-घनस्याम तुलसी पपीहा' बन जानेकी चाह मुखरित हो उठी।

चातक पक्षी जो ठहरा, बिना पक्षके प्रेम-निष्ठा सम्भव भी तो नहीं है। अन्य पक्षी तो केवल साधारण अर्थमें ही पक्षी (पङ्खवाले) हैं, पर चातक तो हृदयसे भी पक्षी है। इसीसे तो महाकविने अन्य पक्षियोंसे तुलना करते हुए एक चातककी ही प्रशंसा की—

मुख मीठे मानस मलिन, कोकिल मोर चकोर।
सुजस धवल चातक नवल, रहो भुवन भरि तोर॥

यों तो पक्षियोंमें मराल प्रत्येक दृष्टिसे प्रशंसित है, फिर भी उसके प्रेममें त्यागकी वह कमनीय कान्ति कहाँ, जो चातकमें है। वह तो मानस-सरका प्रेमी है, जहाँ आनन्द और सुखका ही साम्राज्य है। मराल! तुम प्रत्येक दृष्टिसे प्रशंसित हो, पर ध्यान रहे, अनन्यप्रेमी चातककी तुलना तुम नहीं कर सकोगे।

बास बेष बोलनि चलनि, मानस मंजु मराल।
तुलसी चातक प्रेम की, कीरति बिसद बिसाल॥

चातक घनश्यामको देखकर सदा 'पिउ-पिउ' पुकारा करता है, इससे कहीं भ्रम न हो जाय कि उसकी यह पुकार जलके लिये है। वह जलका प्यासा होता तो सरिता-सरोवरकी क्या कमी थी। वह भी अन्य पक्षियोंकी भाँति चाहे जहाँ जल पीकर प्रसन्न और तृप्त हो जाता—

डोलत बिपुल बिहंग बन पिअत पोखरनि बारि।
सुजस धवल चातक नवल तुही भुवन दस चारि॥

पर वह तो प्रेमका ही प्यासा है—

चातक तुलसी के मते, स्वातिहिं पिये न पानि।
प्रेमतृषा बाढ़ति भली, घटे घटैगी आनि॥

वह तो स्वाती-मेघके दर्शनका ही प्रेमी है। इसीलिये वह यदि स्वातीकी बूँदें भी तिरछी गिरती हैं तो उन्हें पानेके लिये अपने मुखको टेढ़ा नहीं करता। दर्शन करते समय यदि एक-आध स्नेह-बिन्दु उसके मुखमें गिर जाय तो वही उसके लिये बहुत है। दर्शनसे वञ्चित होकर उसे स्वातीका जल भी नहीं चाहिये—

तुलसी चातक ही फबै, मान राखिबो प्रेम।
बक्र बुंद लखि स्वातिहू, निदरि निबाहत नेम॥

धन्य है चातक तुम्हारी अनोखी प्रेम-तृषाको!

चातक वृद्ध हो चला, मृत्यु क्रमशः निकट आ रही है। पर उसे इसकी चिन्ता कहाँ! वह तो बार-बार पुत्रोंको पास बैठाकर दोहराता है। पुत्र! कहीं तुम मेरे मरनेके बाद स्वाति-जल छोड़कर दूसरे जलसे तर्पण न कर देना—

तुलसी चातक देत सिख, सुतहिं बारहीं बार।
तात! न तर्पन कीजियो, बिना बारिधर धार॥

पर ऐसा अनन्यप्रेमी अपनी वृद्धावस्थासे न मरा। मर जाता तो प्रेमका यह दिव्य आदर्श उपस्थित करता। बधिकका बाण चातकके शरीरको क्षत-विक्षत करके उसे गङ्गाजीमें गिरा देता है। पर वह गङ्गाजी, जिसे पानेके लिये मृत्युके समय महामुनि भी तरसा करते हैं, आज चातकके लिये परम सुलभ होनेपर भी उसकी प्रेमभरी दृष्टिमें हेय—तुच्छ जँचती हैं। इसलिये वह चोंचको ऊपर उठाकर उसे बंद कर लेता है कि जिससे गङ्गा-जल मुखमें प्रविष्ट न हो जाय। बधिकका बाण शरीरमें छेद कर सका, पर प्रेम-पटमें नहीं—

बध्यो बधिक पर्‌यो पुन्य जल उलटि उठाई चोंच।
तुलसी चातक प्रेम पट मरतहुँ लगी न खोंच॥

पक्षी चातक-जैसा प्रेम प्रभुसे जबतक नहीं हो जाता, तबतक प्रेमका दम भरना व्यर्थ है।

एक ऐसे ही चातकका चरित्र-चित्रण मानसमें भी श्रीगोस्वामीजीने अपनी चमत्कारपूर्ण लेखनीसे किया है।

आइये, हम उस मूर्तिमान् प्रेम श्रीलक्ष्मणजीके दर्शन कर अपनेको कृतकृत्य करें। गोस्वामीजीका तो वह परम धन ही है—

भावते भरतके, सुमित्रा-सीताके दुलारे
चातक चतुर राम स्याम घनके।
बल्लभ उरमिलाके, सुलभ सनेहबस,
धनी धन तुलसीसे निरधनके॥

मानसमें ऐसे महान् पात्रोंका अभाव नहीं, जो महान् मर्यादापालक, धर्मधुरीण और प्रभुके प्रिय चरणसेवक हैं।

जिनका चरित्र एक पूर्ण मानवका चरित्र है । जो पूर्णताकी कसौटीपर पूर्ण रीतिसे खरे उतरते हैं । जिनका वैराग्य, जिनकी तपस्या अद्वितीय है। जिनका निर्मल यश चन्द्रमाके सदृश हृदयके समस्त पाप-तापोंका शमन करनेवाला और असमर्थ-से-असमर्थके लिये भी आशाका उज्ज्वल सन्देश देनेवाला है । जिनकी यश-प्रभासे सारा मानस प्रकाशित हो रहा है। जिनके हृदयकी भक्ति, ज्ञान और कर्मकी समन्वयात्मक त्रिवेणीमें स्नान कर महामुनियोंने भी अपनेको कृतार्थ अनुभव किया । अधिक क्या, जिनकी यश-गाथा गाते-गाते भगवान् श्रीराघवेन्द्र भी कभी नहीं थकते ।

पर इस परम प्रेमीमें यदि आप उपर्युक्त गुण ढूँढ़ने जायँगे तो सम्भव है कि आपको निराश होना पड़े । यहाँ तो प्राप्त होगा, केवल चातकका-सा अनन्य प्रेम । न यहाँ धर्म है, न ज्ञान ही । यह तो एक 'शिशु'की कथा है । जो एकको छोड़ 'सब भाँति अयाना' है । पर फिर भी मैं स्मरण करा दूँ—

बास बेष बोलनि चलनि मानस मंजु मराल ।
तुलसी चातक प्रेमकी कीरति बिसद बिसाल ॥

यद्यपि इस महाप्रेमीका यश लोकदृष्टिसे न तो उतना आदर्श ही है, और न निर्मल ही । पर इसमें कोई सन्देह नहीं कि उस यशके बिना प्रभुकी वह गरिमामयी गुण-गाथा, जिससे मानसका कण-कण ओतप्रोत है और जिसकी निर्मलता असन्दिग्ध है, न तो निर्मल ही रह पाती और न तो प्रकाशित ही हो पाती । ध्वज-वस्त्रके सौन्दर्य, रंग और ऊँचाईको देखकर भले ही अधिकांश व्यक्तियोंकी दृष्टि दण्डपर न पड़े, पर ध्वजको उठाने और उसको ऊँचे आकाशपर ले जाकर लोगोंकी दृष्टि आकर्षित करनेका सारा श्रेय तो उस दण्डको है! इसे भला, दृष्टिहीनको छोड़कर कौन अस्वीकार करेगा । इसीसे तो सूक्ष्मद्रष्टा कविने उसकी वन्दनामें दण्डकी उपमा देकर उसके महत्त्वकी ओर सङ्केत किया—

बंदउँ लछिमन पद जलजाता । सीतल सुभग भगत सुख दाता ॥
रघुपति कीरति बिमल पताका । दंड समान भयउ जस जाका ॥
सेष सहससीस जग कारन । जो अवतरेउ भूमि भय टारन ॥
सदा सो सानुकूल रह मो पर । कृपासिंधु सौमित्रि गुनाकर ॥

देवताओंको अमरत्व प्रदान करनेवाला यद्यपि अमृत ही माना जाता है । पर कौन कह सकता है कि परम कृपालु शिवके बिना वह अपना कार्य करनेमें समर्थ होता अथवा नहीं । यहाँ मेरा अभिप्राय है श्रीशङ्करजीके गरल-पानसे । भूतभावन भगवान् शिवने यदि कृपा करके उस भीषण गरलका पान न कर लिया होता—जिससे समस्त सचराचर जला जा रहा था, तो अमृत पान करके अमर होनेके लिये शेष ही कौन रहता ! यद्यपि यह सत्य है कि अमरताका सारा श्रेय अमृतको ही प्राप्त हुआ और भगवान् शिवका कण्ठ नील हो गया, पर क्या वह नीलिमा शिव-सौन्दर्यका दूषण है ? स्वीकार करना पड़ता है कि कदापि नहीं; वह नीलिमा तो उनके सौन्दर्यका भूषण है । 'नीलकण्ठ' उनका पवित्र नाम है, जिसका स्मरण होते ही उनके इस अकारण-कारुण्यसे श्रद्धावनत हो यह कहना ही पड़ता है कि—

जरत सकल सुर बृंद बिषम गरल जेहिं पान किय ।
तेहि न भजसि मन मंद को कृपाल संकर सरिस ॥

एवं—

चलत्कुंडलं भ्रू सुनेत्रं विशालं । प्रसन्नाननं नीलकंठं दयालं ॥

यदि एक बार विष पान कर लेनेसे शङ्करकी कृपा अतुलनीय हो जाती है तो जिसने 'मानस'में न जाने कितनी बार 'अयश-विष'का पान किया, उसके लिये कौन-सा शब्द प्रयुक्त किया जाय ? निश्चित रूपसे शब्द उसकी महत्ताको व्यक्त करनेमें असमर्थ हैं । प्रेम और प्रेमी दोनों ही अनिर्वचनीय हैं।

प्रायः आलोचकोंने इनके चरित्रमें असहिष्णुता, क्रोध और उद्दण्डतासम्बन्धी आरोप लगाये हैं ।

आइये, इस दृष्टिसे हम इनके चरित्रपर एक दृष्टि डालें । जनकपुरका धनुष-यज्ञस्थल, जहाँपर आये हुए हैं देश-देशके भूपति । मानवकी तो कथा ही क्या, देव-दानव भी लोभका संवरण न कर सके; क्योंकि वहाँ 'त्रिभुवन जय समेत बैदेही' जो प्राप्त होनेवाली थी । यद्यपि उसे प्राप्त करना सरल न था क्योंकि उसके साथ जुड़ी हुई थी धनुर्भङ्गकी प्रतिज्ञा । और वह धनु भी था महाकाल रुद्रका पिनाक । यथा—

सोइ पुरारि कोदंडु कठोरा । राज समाज आजु जोइ तोरा ।
त्रिभुवन जय समेत बैदेही । बिनहिं बिचार बरइ हठि तेही ॥

भगवान् श्रीराघवेन्द्र भी सानुज महर्षि विश्वामित्रजीके साथ रङ्गभूमिमें पधारे । महाराज जनकजीने बड़े सत्कारपूर्वक एक विशाल मञ्चपर तीनों मूर्तियोंको ले जाकर बैठा दिया । इसके बाद प्रारम्भ हुआ राजाओंद्वारा धनुष तोड़नेका प्रयत्न । पर तोड़नेकी तो बात ही क्या, सहस्रों राजा मिलकर भी उसे अपनी जगहसे तिलभर न हिला सके । वह वैसे ही अडिग रहा, जैसे पतिव्रता नारीका मन कामी पुरुषके सहस्रों उपलोभनोंको ठुकराकर अटल रहता है ।

डगइ न संभु सरासनु कैसें। कामी बचन सती मनु जैसें॥

लज्जित नरेश सिर नीचा करके अपने-अपने आसनोंपर बैठ गये, पर श्रीजनकजीकी अवस्था तो उस रेशमके कीटकी-सी हो गयी जो अपने बनाये हुए बन्धनमें आप ही जकड़ गया हो।

एक ओर था प्राणप्रिय पुत्रीका नित्य कौमार्य और दूसरी ओर थी सत्यनिष्ठा। धर्मभीरु महाराज अन्तमें निर्णय कर लेते हैं कि सत्य-रक्षाके लिये यह पुत्रीके कुमारी रहनेका दुःसह कष्ट भी सहन करना ही होगा। पर जगत्‌में वीरोंका अभाव देखकर उनकी व्याकुलता अपनी चरम सीमापर पहुँच गयी, बिना कुछ कहे न रहा गया उनसे और वे उद्वेगभरी वाणीमें बोल पड़े—

अब जनि कोउ माखै भट मानी। बीर बिहीन मही मैं जानी॥
तजहु आस निज निज गृह जाहू। लिखा न बिधि बैदेहि बिबाहू॥
जौं जनतेउँ बिनु भट भुबि भाई। तौ पनु करि होतेउँ न हँसाई॥
सुकृतु जाइ जौं पनु परिहरऊँ। कुअँरि कुआरि रहउ का करऊँ॥

योगिराज जनककी यह अवस्था देख नगरनिवासी नर-नारियोंके नेत्रोंमें आँसू भर आये!

चारों ओर घोर निराशाका साम्राज्य छा गया। और यह सब हुआ सर्वाभयप्रद वीरेन्द्रमुकुटमणि भगवान् श्रीराघवेन्द्रकी उपस्थितिमें! अवश्य ही इस समय प्रभुका विरद उस शोक-सरितामें बहा जा रहा था, पर गुणसागर प्रभु न बोले। बोलते भी कैसे! उनका एक गुण नम्रता जो है! अपने मुखसे, अपनी वीरताका वर्णन भला मर्यादापुरुषोत्तम कैसे करते? सभी किंकर्तव्यविमूढ़ थे; बस, वहाँ एक ही महात्यागी था, जिसका न कोई स्वतन्त्र अस्तित्व था और न कोई विरद। उसे केवल एक चिन्ता थी—प्रभुके यशकी रक्षा कैसे हो। और सब कुछ शोक-सरितामें बह जाता, पर प्रभुके विरदको शोक-सरितामें बहते वह महात्यागी कैसे देख सकता था! वह जानता था, उसकी रक्षाके लिये अपनी नम्रता और मर्यादाका बलिदान करना ही होगा। पर प्रेम तो सर्वस्व बलिदान चाहता है। लक्ष्मण-जैसे बलिदानीके लिये यह कुछ कठिन नहीं था, और उन्होंने वही किया भी। वे बोले—खूब बोले। आत्मप्रशंसा भी करनी पड़ी। पर किसके लिये? उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें जनकजीकी अवहेलना थी और मर्यादाका अभाव भी था। पर एक वस्तु उसमें आदिसे अन्ततक ओतप्रोत थी और वह थी श्रीलक्ष्मणजीका प्रभुके प्रति अगाध स्नेह। उन्होंने जो कुछ कहा—उसे गोस्वामीजीके शब्दोंमें ही पढ़िये—

कहि न सकत रघुबीर डर लगे बचन जनु बान।
नाइ राम पद कमल सिरु बोले गिरा प्रमान॥
रघुबंसिन्ह महुँ जहँ कोउ होई। तेहिं समाज अस कहइ न कोई॥
कही जनक जसि अनुचित बानी। बिद्यमान रघुकुल मनि जानी॥
सुनहु भानुकुल-पंकज-भानू। कहउँ सुभाउ न कछु अभिमानू॥
जौं तुम्हारि अनुसासन पावौं। कंदुक इव ब्रह्मांड उठावौं॥
काचे घट जिमि डारौं फोरी। सकउँ मेरु मूलक जिमि तोरी॥
तव प्रताप महिमा भगवाना। को बापुरो पिनाक पुराना॥
नाथ जानि अस आयसु होऊ। कौतुकु करौं बिलोकिअ सोऊ॥
कमल नाल जिमि चाप चढ़ावौं। जोजन सत प्रमान लै धावौं॥
तोरौं छत्रक दंड जिमि तव प्रताप बल नाथ।
जौं न करौं प्रभु पद सपथ कर न धरौं धनु माथ॥

'सुनहु भानुकुल-पंकज-भानू' में तो मानो कविने श्रीलक्ष्मणजीके हृदयको ही खोलकर रख दिया। वह महाव्रती चतुर चातक तो महाज्ञानी जनकसे भी सीधे बात करनेमें अपमानका अनुभव करता है। उत्तर देनेमें भी सजल घनश्याम-रामको छोड़ और दूसरेकी ओर कैसे देखे? धन्य है महाप्रेमी चातक तुम्हारे इस मानको—

चितव कि चातक मेघ तजि कबहुँ दूसरी ओर।

यद्यपि श्रीजनकजीका भाव प्रभुको अपमानित करनेका नहीं था। पर राम-प्रेमोन्मत्त श्रीलखनलालजी अनजानमें भी प्रभुका अनादर सहन करें—यह असम्भव है।

महात्यागी लक्ष्मणजीके इस अद्भुत प्रेममय त्यागको देख प्रभुके युगल कमल-नयन प्रेमाश्रुओंसे भर जाते हैं। उस समय उन्होंने जिस प्रेम और कृतज्ञताभरी दृष्टिसे लक्ष्मणको देखा, उसका वर्णन लेखनीका विषय नहीं। प्रेमके कारण प्रभुका कण्ठ रुद्ध हो गया। सङ्केतसे ही उन्होंने लक्ष्मणको बैठा लिया। उनके हाथोंको अपने श्रीकर-कमलोंमें लेकर भक्तवत्सल भगवान् अपनी सुधि-बुधि खो बैठे। विश्वके इतिहासमें न मिलेगा ऐसा चातक, न दूसरा घनश्याम। पर ऋणी कौन है पयद या पपीहा (चातक)? गोस्वामीजी तो पयदको ही ऋणी बताते हैं—

को को न ज्यायो जगतमें, जीवन दायक पानि।
भयो कनौड़ो जाचकहि पयद प्रेम पहिचानि॥

(२)

पूर्व-प्रसङ्गसे भी अधिक आक्षेप किया जाता है परशुराम-संवादके समय किये गये लक्ष्मणजीके भाषणपर। प्रभुके द्वारा

धनुर्भङ्ग हो जानेपर श्रीकिशोरीजीके साथ ही त्रिभुवनव्यापी यश भी प्राप्त हुआ। फिर भी आये हुए राजाओंमें क्षोभकी एक लहर-सी फैल गयी और उन्होंने युद्ध करने तथा श्रीजानकीजीको छीन लेनेके लिये योजना बनाना प्रारम्भ कर दिया—

लेहु छड़ाइ सीय कह कोऊ। धरि बाँधहु नृप बालक दोऊ॥
तोरें धनुषु चाड़ नहिं सरई। जीवत हमहि कुअँरि को बरई॥

उसी समय आगमन होता है 'भृगुकुल-कमल-पतंग' श्रीपरशुरामजीका। क्रोधके कारण जिनका मुख और नेत्र रक्त-वर्ण हो रहे हैं। उन्हें देखते ही वे अहंमन्य राजा, जो अभी-अभी युद्ध और वीरताकी बड़ी-बड़ी बातें सोच रहे थे, काँपने लग जाते हैं और अपने नामके साथ बापका नाम बता-बताकर परशुरामजीके पाद-पद्मोंमें प्रणत होते हैं—

पितु समेत कहि कहि निज नामा। लगे करन सब दंड प्रनामा॥

इसके पश्चात् उभय रघुकुलवीर भी प्रेमपूर्वक परशुरामजीको प्रणाम करते हैं। प्रभुका कोटि-कन्दर्प-कमनीय सौन्दर्य देखकर कुछ क्षणोंके लिये परशुरामजी देहस्मृति भूल जाते हैं—

रामहि चितइ रहे थकि लोचन। रूप अपार मार मद मोचन॥

फिर स्मरण आता है अपने आनेकी आवश्यकताका। और तब उबल पड़ते हैं सारे राजसमाजपर; किंतु क्रोध तो उन्हें उससे भी अधिक आ रहा था महाराज जनकपर, क्योंकि वे ही यहाँ इस काण्डके मूल कारण थे। क्रुद्ध स्वरमें उन्होंने प्रश्न किया—

अति रिस बोले बचन कठोरा। कहु जड़ जनक धनुष कै तोरा॥
बेगि देखाउ मूढ़ न त आजू। उलटउँ महि जहँ लगि तव राजू॥

योगिराज जनकका भी सारा ज्ञान साथ छोड़ बैठा। भयके मारे उनके मुखसे कोई उत्तर नहीं निकला।

अति डरु उतरु देत नृपु नाहीं।.....॥

कुटिल राजाओंके हृदयमें प्रसन्नताकी किरण चमक उठी। पर जनकपुरवासी स्त्री-पुरुषोंकी दशा तो बड़ी ही दयनीय हो रही थी। करुणामय भगवान् श्रीराघवेन्द्र लोगोंको भयभीत देख स्वयं आगे बढ़े। 'बिनय सील करुना गुन सागर' होनेके नाते उनकी वाणी भी उनके अनुरूप ही थी। बड़ी नम्रतासे प्रभुने कहा कि—'धनुष तोड़नेवाला कोई आपका दास ही होगा—

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा॥

पर इसका फल तो उलटा ही हुआ। परशुरामजीने क्रुद्ध स्वरमें धनुष तोड़नेवालेको सहस्रबाहुके समान अक्षम्य शत्रुओंकी श्रेणीमें घोषित कर दिया—

सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥

महाधीर श्रीलक्ष्मणजी सारी घटनाका अध्ययन बड़े ही ध्यानके साथ कर रहे थे। उनकी दूरदर्शिनी दृष्टिने भविष्यका भलीभाँति दर्शन कर लिया। वे तो देख रहे थे—प्रभुकी नम्रताका इनके ऊपर क्या प्रभाव पड़ता है? नम्रताका यह उलटा प्रभाव तथा श्रीकोशलेन्द्रके प्रति इन शब्दोंका प्रयोग उन्हें असह्य-सा हो गया। पर इसका कारण केवल इतना ही न था, अपि तु उससे भी एक महत्त्वपूर्ण बात थी, जिसपर श्रीलक्ष्मणजीकी दृष्टि पड़ चुकी थी। उन्होंने सोचा—'यदि नम्रतासे परशुरामजी शान्त भी हो जायँ तो इससे लोगोंमें कुछ भ्रान्ति फैलनेकी ही सम्भावना है, विशेषकर वे 'कुटिल राजा' जो प्रभुका अगाध बाहु-बल देखकर भी प्रभावित नहीं हुए थे, युद्ध करनेके लिये पुनः विशेषरूपसे उत्साहित होंगे, क्योंकि उन्हें तो प्रभुकी नम्रतामें भी उनका भयभीत हो जाना ही भान होगा। वे समझेंगे कि परशुरामजीने भयभीत रामपर क्षमा कर दी। इससे उनमें तामसी आग्रह उत्पन्न होगा और तब होगा एक भयानक संग्राम। संग्राममें विजय तो निश्चित प्रभुकी ही होगी। तथापि प्रभुके पवित्र पाणिग्रहणके इस पुनीत अवसरपर ऐसे बीभत्स काण्डका होना सर्वथा अशोभन है। इससे तो प्रभुके विरदकी वृद्धि नहीं होगी। पर प्रभुसे तो उग्रताकी आशा व्यर्थ है, फिर नम्र बने रहनेमें उनकी शोभा भी जो है।'

फिर क्या था, अपना कर्तव्य निर्णय करनेमें उन्हें देर न लगी। उन्होंने टेढ़ी और उग्रतासे भरी हुई जिस व्यङ्गवाणीका परशुरामजीके प्रति प्रयोग किया, उससे दो बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य हुए। प्रथम तो—राजाओंमें यह भ्रम न फैल सका कि श्रीराघवेन्द्रकी नम्रता भयमूलक है। दूसरे, श्रीराघवेन्द्रकी तो यश-चन्द्रिका इससे चौगुनी चमक उठी। लोगोंने यह अनुभव किया कि बड़े भाईमें बड़प्पनके अनुरूप गम्भीरता भी है। वीरताके साथ नम्रताके इस अद्भुत संयोगको लोगोंने मणिकाञ्चनयोग समझा। इस प्रकार श्रीलक्ष्मणजीद्वारा दिखायी गयी असहिष्णुतासे ही प्रभुकी सहिष्णुताका मूल्य बढ़ गया। लोगोंने 'छोट कुमार खोट बड़ भारी' कहकर जिस उपाधिसे लक्ष्मणको पुरस्कृत किया, वह सच्चे प्रेमीके लिये दूषण नहीं, भूषण है। इस प्रकार श्रीलक्ष्मणजीने अपने

कार्यके द्वारा शत्रु-मित्र दोनोंके मनोंमें अपने प्रति नहीं, अपितु श्रीराघवेन्द्रके प्रति महान् आदर और श्रद्धाका भाव भर दिया। अपने यशका बलिदान करके प्रभुकी यश-पताकाको उठाये रखना इस अनन्यप्रेमीका ही कार्य था। आलोचक आलोचना करते समय यह भूल जाते हैं कि श्रीलक्ष्मणजीके जीवनका एकमात्र लक्ष्य है—'प्रभुकी विरद-रक्षा', अपनी यश-रक्षा नहीं। क्या वे चाहते हैं कि वे भी नम्र बनकर एक महायुद्धको आमन्त्रण दे देते। प्रभुकी यशःपताकाको झुक जाने देते! यदि नहीं, तो फिर श्रीलक्ष्मण-जैसे मूर्तिमान् प्रेमको आवेश-शील बताना कहाँतक युक्तियुक्त है? इसीसे तो गोस्वामीजी उनकी वन्दना करते हुए उनमें सबसे पहला गुण शीतलताका ही बताते हैं—

बंदउँ लछिमन पद जल जाता। सीतल सुभग भगत सुख दाता॥

नमस्कार है महाव्रती लक्ष्मण तुमको और तुम्हारे बलिदानमय जीवनको! लोग यदि तुम्हें 'खोट' कहते हैं तो यह तो तुम्हारी नाट्य-कुशलताका ही सूचक है। सच्चा प्रेमी प्रदर्शन चाहता ही कब है। इस प्रकार 'रघुबर बाल पतङ्ग'की तुलनामें आये हुए 'भृगुकुल कमल पतङ्ग'के लिये श्रीलक्ष्मणजी अस्ताचल सिद्ध हुए और प्रभु प्रतिद्वन्द्वितारहित सूर्यकी तरह चमकते ही रहे! (क्रमशः)

कामके पत्र

(१)

बुराईका कारण अपने ही अंदर खोजिये

आपका कृपापत्र मिला। उत्तरमें कुछ विलम्ब हो गया है, इसके लिये क्षमा करें। बात यह है कि हम-लोग दूसरोंके अच्छे-बुरे कार्योंपर, दूसरोंकी उन्नति-अवनति-पर और दूसरोंकी सद्गति-दुर्गतिपर विचार करनेमें और उन-पर अपना मत देनेमें जितना समय नष्ट करते हैं, उतना समय यदि श्रीभगवान्‌के नाम-लीला आदिके चिन्तनमें और उनके गुण-कीर्तनमें लगावें तो हमें बहुत बड़ा लाभ हो सकता है। जहाँ दूसरोंके गुण-दोष-चिन्तन और कथनमें राग-द्वेष, स्तुति-निन्दा होती है और मनमें वैसे ही संस्कार अङ्कित होते हैं, वहाँ यदि हम श्रीभगवान्‌के दिव्य कल्याणमय गुणगणका स्मरण-कीर्तन करें तो हमारे अंदर छिपे हुए पाप नष्ट हो जाते हैं। अन्तः-करण शुद्ध होता है और भगवान्‌की भक्ति प्राप्त होती है। पर हम इतने मूढ़ हैं कि हमें परचर्चा बहुत मीठी लगती है और इसीसे हम अपने जीवनके अमूल्य समय-को व्यर्थ ही इसमें लगाकर विविध भाँतिकी असत् भावनाओं, कुविचारों एवं दुर्गुणोंको अपने अंदर भरते रहते हैं!

इससे एक बड़ी हानि यह होती है कि हमें अपने दोषोंकी ओर देखनेका समय नहीं मिलता और अंदर-ही-अंदर दोष बढ़ते जाते हैं। असलमें बुद्धिमान् मनुष्य तो वही है कि जो अपने उत्थान-पतनकी ओर दृष्टि रखकर नित्य-निरन्तर सावधानीके साथ पतनके कारणों-को दूर करता रहता है।

आपको मैं क्या परामर्श दूँ। मुझे तो ऐसा लगता है कि जबतक आप अपनी बुराइयोंकी ओर ध्यान देकर उनको मिटानेका पूर्ण प्रयत्न नहीं करेंगे, तबतक अपने प्रतिद्वन्द्वियोंसे अच्छाईकी आशा करना आपके लिये निराशाका ही कारण होगा। मनुष्य अपनी बुराई नहीं देखता, इसीसे उसे दूसरोंमें सारी बुराईका विस्तार दीखता है। और जितनी बुराई दीखती है, उतना ही द्वेष बढ़ता है तथा जितना द्वेष बढ़ता है, उतनी ही बुराई भी अधिक दीखने लगती है। यह नियम है कि जिसमें राग होता है, उसके दोष भी गुणके रूपमें दिखायी देते हैं और जिसके प्रति द्वेष होता है, उसके गुण भी दोष दीखते हैं। मनुष्यको दूसरेकी बुराईका कारण अपनेमें खोजना चाहिये। सचाई और गहराईसे देखनेपर तुरंत ऐसा कोई दोष अपनेमें दीख जायगा, जो दूसरेमें बुराई उत्पन्न करनेमें हेतु है।

आप पढ़े-लिखे हैं, समझदार हैं। सोचिये, अपनी ओर देखिये। यदि मेरी बात मानें तो श्रीमद्भगवद्गीताके १६वें अध्यायको ध्यानसे पढ़िये और उसमें वर्णित आसुरी-सम्पदाके लक्षणोंसे अपने आचरणोंकी तुलना कीजिये। आपको पता लगेगा कि आपमें दोष हैं कि नहीं। और यदि दोष हों तो फिर, उनको दूर करनेका प्रयत्न करना आपका कर्तव्य ही होगा।

इसीके साथ-साथ आप नित्य कुछ समयतक भगवान्‌के मङ्गलमय नामका जप कीजिये और इस मानसिक अशान्तिके कारणका सच्चा सन्धान बतलाने और उसे दूर करनेके लिये दयासिन्धु भगवान्‌से कातर प्रार्थना कीजिये। आप विश्वास रखिये, आपकी कातर प्रार्थना अकारण सुहृद् भगवान् अवश्य सुनेंगे और आपको मानस शान्ति प्राप्त हो, इसकी समुचित व्यवस्था कर देंगे। आपको ऐसी आँख देंगे जिससे आप अशान्तिके कारणको, जो आपके ही अंदर वर्तमान है, स्पष्ट देख सकेंगे और साथ ही ऐसी शक्ति देंगे, जिससे आप उसका अनायास ही विनाश भी कर सकेंगे। उस कारणके मिटते ही आप निर्मल शान्तिका अनुभव करेंगे।

(२)

मान-बड़ाईसे बचिये

आपका पत्र मिला था। इधर काम-काज बहुत अधिक रहा, इससे समयपर उत्तर नहीं दिया जा सका। मनुष्यमें यह एक बड़ी दुर्बलता है कि वह अपनी बड़ाई सुनकर प्रसन्न हो जाता है और अपनी वास्तविक स्थितिको भूलकर अपने सम्बन्धमें लोगोंकी मिथ्या उच्च धारणाको स्वीकार कर लेता है। आप सोचिये तो, किसी कंगालको यदि दूसरा कोई पुरुष या समाजके बहुसंख्यक लोग भी बड़ा धनी मानकर उसकी प्रशंसा करने लगें तो इससे क्या वह धनी हो जाता है? दूसरोंकी प्रशंसासे उसे क्या लाभ हुआ? इसी प्रकार हमारे अंदर यदि सद्गुण नहीं हैं, हमारे हृदयमें यदि प्रभुके प्रति निष्काम प्रेम नहीं है, हमारे पास यदि भगवान्‌के भजनका परम धन नहीं है और लोग हमें बड़ा सद्गुणसम्पन्न, बड़ा प्रेमी और बड़ा भजनानन्दी मानते हैं तो इससे हमें क्या मिल गया और हमारा क्या उपकार हो गया? और यदि इसको हम स्वीकार कर लेते हैं तो अपनेको धोखेमें डालनेके अतिरिक्त और क्या करते हैं। इस झूठी बड़ाई तथा मिथ्या सम्मानके बोझको उठाकर हम सिवा बोझ मरनेके और कुछ भी तो नहीं पा सकेंगे।

बड़ाई तथा सम्मान यदि सच्चे गुणोंको लेकर भी हों, तो भी साधकके लिये उनका स्वीकार करना परम हानिकर है। जहाँ मान-बड़ाईमें मिठास आया (और वह आता ही है), वहीं हमारी क्रियामेंसे वास्तविकता निकल जायगी और हम वही काम करने लगेंगे, जिसमें हमें लोगोंके द्वारा सम्मान मिले एवं लोग हमारी प्रशंसा करें। मतलब यह कि फिर हमारे कार्य सत्यकी सेवा—प्रभुकी भक्तिके लिये न होकर केवल लोकरञ्जनके लिये होंगे, फिर वे चाहे अकार्य या अधर्म ही क्यों न हों और उनसे परिणाममें हमारा परम अकल्याण ही क्यों न होता हो। इसलिये साधकको चाहिये कि वह सदा सचेत रहे और मान-बड़ाईका दूरसे ही त्याग करता रहे। उन्हें पास भी न आने दे। साधकका आचरण विषयी पुरुषसे सर्वथा प्रतिकूल होना चाहिये, तभी उसे साधनामें सिद्धि मिलती है और तभी वह सिद्धावस्थाके समत्वमें स्थित होता है। विषयी मान-बड़ाईका भूखा रहता है और इन्हें पानेके लिये कोई भी अकार्य करनेको तैयार रहता है। पर साधक मान-बड़ाईको विषवत् मानकर उनका त्याग करता है तथा अपमानके योग्य किसी भी निन्दनीय कार्यको न करता हुआ भी अपमान और निन्दाको अपने लिये शुभ समझता है एवं बड़ी प्रसन्नतासे इनका वरण करता है। वही जब सिद्धावस्थामें पहुँच जाता है, तब उसके लिये मानापमान और

निन्दा-स्तुति समान हो जाते हैं। अपने प्रिय भक्तोंका लक्षण बतलाते हुए भगवान् उन्हें मानापमानको तथा निन्दा-स्तुतिको समान माननेवाले बतलाते हैं। 'मानाप-मानयोस्तुल्यः' 'तुल्यनिन्दास्तुतिः।'

(गीता १४, १२ अध्याय)

आपको जो बड़ाई हो रही है तथा आपको जो सम्मान मिल रहा है, आप इनको अपनी साधनाका विघ्न मानिये। भजन तो खूब कीजिये। और भी बढ़ाइये, परंतु मान-बड़ाईको तनिक भी पास मत फटकने दीजिये। इसीलिये भक्तलोग अपने भजन-धनको बहुत छिपाकर रखते हैं, वैसे ही जैसे सम्भ्रान्त कुलकी कोई नारी जारके प्रेमको गुप्त रखती है। पर यदि अब आप-के लिये ऐसा सम्भव न हो तो आप मान-बड़ाईका स्वीकार तो मत कीजिये। सम्भव हो तो लोगोंको नम्रता और विनयके साथ रोकर समझा दीजिये कि 'जब आप-लोग मेरे हितैषी हैं, मेरा पतन नहीं चाहते हैं और कल्याण ही चाहते हैं, तब फिर मुझे मान-बड़ाई देकर मेरा अकल्याण क्यों कर रहे हैं। मेरे पतनका मार्ग क्यों प्रशस्त कर रहे हैं।' और यदि वे मान जायँ तो बहुत ही अच्छी बात है। परंतु यहाँ भी बहुत सावधानीकी आवश्यकता है। कहीं-कहीं ऐसा भी होता है कि मनको तो मान-बड़ाई प्रिय लगते हैं और उन्हें प्राप्त करनेकी लालसा भी रहती है; परंतु ऊपरसे उनका विरोध किया जाता है, वह इस अभिप्रायसे कि ऐसा करनेपर लोगोंकी यह धारणा होगी कि ये कितने अच्छे पुरुष हैं, जो मान-बड़ाईको सर्वथा नहीं चाहते और इसके लिये इतने दुःखी होकर—रो-रोकर प्रार्थना करते हैं—और फलतः वे पहलेसे भी अधिक सम्मान और प्रशंसा करने लगेंगे।

मनके इस दुर्भावकी परीक्षा दूसरे सहजमें नहीं कर पाते—यह तो स्वयं आपके ही देखनेकी चीज है। आप अपने मनसे मान-बड़ाईको सचमुच बुरा समझने लगें और जैसे किसीके द्वारा आदरपूर्वक दिये जानेपर भी बुद्धिमान् मनुष्य अपने लिये हानिकर और घृणित वस्तुको स्वीकार नहीं करते, वैसे ही मान-बड़ाईको स्वीकार न करें। फिर यदि कहीं कोई आपका सम्मान कर भी देगा, बड़ाई कर भी देगा तो उससे आपकी हानि नहीं होगी। यद्यपि साधकको इससे बचना ही चाहिये, क्योंकि यह मीठा विष है, और है अत्यन्त आकर्षक। समझता हुआ भी मनुष्य मोहवश इसे स्वीकार कर लेता है। इसीलिये कोई-कोई संत जान-बूझकर ऐसी चेष्टा किया करते हैं कि जिससे लोगोंके हृदयोंमें उनके प्रति जो सम्मानकी भावना होती है, वह नष्ट हो जाय। यह तो सच्चे सद्गुणोंके लिये प्राप्त होनेवाले सम्मान और प्रशंसाके लिये बात हुई। जहाँ बिना ही किसी सद्गुणके कोई अपनी बड़ाई या सम्मान करे और उसे हम स्वीकार कर लें तो यही समझना चाहिये कि या तो हम महामूर्ख हैं, या हममें किसी अंशमें दम्भ आ गया है जो हमारा पतन करके छोड़ेगा। मैं मानता हूँ—आपमें सद्गुण हैं और लोग आपका जो सम्मान तथा प्रशंसा करते हैं, वे सम्भवतः सद्भावसे ही करते हैं, तथापि उन्हें स्वीकार करना न तो आदर्श है और न आपके लिये तनिक भी लाभ-दायक ही है। हानिकारक तो प्रत्यक्ष ही है। मान-बड़ाईको सुनकर मनुष्यमें कहीं अपने सम्बन्धमें यथार्थसे अधिक उच्च धारणा हो गयी कि वह डूब गया। फिर उसमें अनेक दोष अपने-आप ही आ जायँगे।

असलमें मनुष्यको चाहिये कि वह नित्य-निरन्तर अपनेको देखता रहे। मैं किस ओर जा रहा हूँ। मेरे पास कितना धन है। मैं किस स्थितिमें हूँ। और यह सब भलीभाँति देखकर जैसा अपनेको पावे, वैसा ही समझे और दोष हों तो उन्हें स्पष्ट व्यक्त कर दे, एवं कदाचित् कुछ गुण हों तो उन्हें छिपा ले तथा अपनेसे अधिक सद्गुणवालोंकी ओर देखकर—

अनन्त अपार कल्याणगुण-सागर श्रीभगवान्‌के गुणोंका स्मरण कर अपनेको तुच्छ समझे, मनमें जरा भी अभिमानका अङ्कुर न उत्पन्न होने दे। इसीमें उसका कल्याण है।

धनी तो मनुष्य धन होनेपर ही हो सकता है, लोगोंके कहनेसे नहीं हो सकता। इसलिये मनुष्यको नित्य-निरन्तर भजनरूपी धनको बढ़ाना चाहिये और उसके लिये उत्तरोत्तर लोभ भी अधिक-से-अधिक करना चाहिये। विषयोंका लोभ जितना हानिकारक है, उतना ही भजनका लोभ महान् लाभदायक है। काम-क्रोध-लोभ-मोह आदि दुर्गुण भी यदि भगवान्‌के सम्बद्ध हो जाते हैं, तो सद्गुण बन जाते हैं।

कामं क्रोधं भयं स्नेहमैक्यं सौहृदमेव च।
नित्यं हरौ विदधतो यान्ति तन्मयतां हि ते॥

(श्रीमद्भा० १०। २९। १५)

'काम, क्रोध, भय, स्नेह, ऐक्य और सौहार्द—इनमेंसे कोई भी भाव भगवान् श्रीहरिके साथ जोड़ दिया जाय तो फिर ये भाव भगवद्रूप ही हो जाते हैं।'

मेरे इस पत्रसे आपको कुछ भी सत्-प्रेरणा मिली तो आप उसे भगवान्‌की कृपा समझिये। मैं तो निमित्तमात्र हूँ।

(३)

उपदेशक बननेके पहले योग्यता-सम्पादन करना आवश्यक है

सप्रेम हरिस्मरण! आपका बहुत लंबा-चौड़ा पत्र मिला। आपके चित्तमें बहुत उत्साह है और आप पढ़ना छोड़कर तथा घरके काम-काजका भी त्याग कर समाज और देशकी सेवा करना चाहते हैं, एवं गाँव-गाँव घूमकर जनताको सदुपदेश देना चाहते हैं। सो यह तो बहुत ही श्रेष्ठ भाव है। जो मनुष्य अपने-को सेवाव्रती बनाना और निःस्वार्थभावसे समाज एवं देशकी सेवा करना चाहता है, वह धन्य है। ऐसा होते हुए भी मेरी रायमें अभी आपको पढ़ना चाहिये तथा घरका काम-काज भी नहीं छोड़ना चाहिये। आप अभी अल्पवयस्क हैं और आपकी बुद्धि भी अभी स्थिर नहीं है। आप यह भी स्वीकार करते हैं कि मनमें बहुत बार पापभावना भी आती है। असत्य, कपट तथा काम-क्रोध भी हैं ही। द्वेष-दम्भके कार्य भी आपसे होते हैं। तथा भगवान्‌की ओर वैसा आपका आकर्षण भी नहीं है। भजन आपसे बहुत ही कम बनता है। ये सभी बातें आपने लिखी हैं। ऐसी अवस्थामें अभी आपको यह चाहिये कि आप स्वयं पहले देश तथा समाजकी सेवा करनेके योग्य बनें। इसके लिये पहले अपनी समुचित सेवा करें। पढ़-लिखकर तथा अपने शास्त्रोंका यथेष्ट ज्ञान प्राप्त कर ऐसी योग्यता प्राप्त कर लें कि जिससे आप शास्त्रानुसार लोगोंको अच्छी-से-अच्छी बात सुन्दर भाषामें और आकर्षक रीतिसे भलीभाँति समझा सकें तथा उनपर अपने भाषणका प्रभाव डाल सकें। इसके साथ ही यह भी परम आवश्यक है कि आप अपने मनकी पापभावनाको समूल नष्ट कर दें; असत्य-कपट तथा काम-क्रोधसे सर्वथा छूट जायँ; द्वेष-दम्भ भी आपमें सर्वथा न रहें; भगवान्‌के प्रति आपका सच्चा आकर्षण हो और भगवान्‌के मङ्गलमय भजनमें आपकी असीम अभिरुचि हो। जब ये बातें आपमें आ जायँगी, सचमुच तभी आप सच्चे सेवाव्रती बन सकेंगे, तभी आपके द्वारा देश तथा समाजकी यथार्थ सेवा होगी एवं तभी आपको किसीके प्रति उपदेशादि देनेका अधिकार प्राप्त होगा। आपने जो 'समाचार-पत्र' निकालने-की इच्छा प्रकट की है, सो समाचारपत्र निकालकर उसके द्वारा लोगोंको उपदेश देनेका अधिकार भी आपको वस्तुतः तभी प्राप्त होगा।

दूसरेका सुधार होना—उसकी बुराइयोंका दूर होना आवश्यक है, और उसमें हमारे द्वारा जितनी

सेवा हो, उतना ही उत्तम है; परंतु दूसरोंकी बुराई वही निकाल सकता है, दूसरोंका सुधार वही कर सकता है, जो स्वयं बुराइयोंसे रहित होकर सर्वथा सुधर गया हो। जनताको उपदेश देकर उनकी सेवा करना बहुत बड़े दायित्वका कार्य है। दूसरेके घरका कूड़ा साफ करना पुण्य है, पर वह कूड़ा हम तभी साफ कर सकेंगे, जब हमारा झाड़ू साफ होगा, झाड़नेकी कला हम जानते होंगे, और कौन कूड़ा है तथा कौन किसके लिये कामकी चीज है, इसको भलीभाँति जान सकेंगे। तीनोंमेंसे एक बात भी नहीं होगी, तो किसीका सुधार करने जाकर हम उसका बिगाड़ कर देंगे। हमारे झाड़ूमें यदि गंदा मैला लगा होगा तो हम दूसरोंके घरकी धूल झाड़नेके बदले वहाँ गंदा मैला फैला देंगे। झाड़ना नहीं जानते होंगे तो इकट्ठे कूड़ेको उल्टे इधर-उधर बिखेर आवेंगे और कौन कूड़ा है—इस बातको नहीं जानेंगे तो किसीके बड़े ही कामकी आवश्यक वस्तुको हम कूड़ा समझकर फेंक देंगे और उसकी बड़ी हानि कर देंगे—उसके जीवनकी जड़ ही काट डालेंगे।

मनुष्यकी वाणीसे तथा क्रियासे वही वस्तु प्रकट होती है, जो उसके हृदयमें होती है। मनुष्य चाहे कितना भी कपट-दम्भ करे, हृदयका असली भाव किसी-न-किसी क्रियामें प्रकट हो ही जाता है। अतएव जबतक हमारे हृदयमें काम-क्रोध, असत्य-कपट, द्वेष-दम्भ, हिंसा-प्रतिहिंसा, लोभ-मोह, कामना-वासना, अभिमान-अहङ्कार, ममता-माया आदि दोष वर्तमान हैं, जबतक हमारे द्वारा पाप बनते हैं और उनमें हमें रस आता है, तबतक हम दूसरोंको क्या देंगे? ऐसे हृदयको लेकर किसीका सुधार करने जायँगे तो सिवा अपने हृदयकी इस गंदगीको वहाँ भी फैला देनेके और उसका क्या उपकार करेंगे। यदि जनतामें वैसी बुरी बातें पहले न भी रही होंगी तो हमारी वाणी और लेखनीसे निकली हुई बुरी बातें उनमें आ जायँगी, वहाँके वातावरणमें हम एक नया क्षोभ उत्पन्न कर देंगे। जागृति, क्रान्ति, सुधार, अधिकार, उन्नति, शिक्षा, बुद्धिवाद, व्यक्ति-स्वातन्त्र्य और लोकतन्त्र आदिके मनोहर नामोंपर हम लोगोंमें द्रोह, द्वेष, कर्तव्यशून्यता, प्रमाद, अश्रद्धा, नास्तिकता, उच्छृङ्खलता, स्वेच्छाचारिता, असंयम, असत्य, स्तेय, अहङ्कार, हिंसा आदि अनेकों दोषोंको बढ़ाकर परस्पर दलबन्दियाँ और उन्हें एक दूसरेको गिरानेके प्रयत्नमें लगाकर उनके लोक-परलोक दोनोंको नष्ट कर देंगे, जैसा कि आजकल न्यूनाधिकरूपमें संसारमें प्रायः सर्वत्र हो रहा है। इसका एक प्रधान कारण यह भी है कि उपदेशकों, पथप्रदर्शकों और नेताओंके पवित्र और दायित्वपूर्ण स्थानोंपर ऐसे लोगोंका अधिकार हो गया है, जो स्वयं असंस्कृत, असंयमी और दायित्वज्ञानशून्य हैं। आजकी हिंसा-प्रतिहिंसा-मयी ध्वंसकारिणी प्रवृत्ति इसीका कुपरिणाम है! इस प्रकार सुधारके बदले बिगाड़ तो होता ही है—सफाईके बदले गंदा मैला तो फैलता ही है। साथ ही यदि कहीं सचमुच झाड़नेका काम किया जाता भी है तो वहाँ झाड़ना न जाननेसे जैसे कूड़ा इधर-उधर बिखर जाता है, वैसे ही एक या कुछ थोड़ेसे लोगोंमें रही हुई परिमित बुराई समाजभरमें फैल जाती है। चौबेजीको छब्बेजी न बनकर दूबेजी बननेको बाध्य होना पड़ता है। इसके अतिरिक्त ऐसे उपदेशकों और सुधारकोंके द्वारा अविवेकवश सुधारके नामपर समाजमें विस्तृत अमृतवल्लीपर ही भयानक विषसिञ्चन या उनके जीवनके मूलपर ही कुठाराघात किया जाता है। भगवद्भजन, देवपूजाराधना, शास्त्रीय आचरण, वर्णाश्रमधर्म, शौचाचार, सदाचार, संयम, मातृ-पितृ-भक्ति, पातिव्रत-धर्म, ब्राह्मणमहत्ता, सात्त्विक यज्ञ-दानादि, सन्ध्यावन्दन, शास्त्रीय भेद, नियमानुवर्तिता एवं वंशपरम्परागत पवित्र सुप्रथाओं आदिका विरोध और ऐसे पवित्र कार्योंके

प्रति लोगोंमें अश्रद्धा उत्पन्न करानेकी चेष्टा—इसी प्रकारके जीवनमूलका उच्छेद करनेवाले कुकार्य हैं, जो विपरीत शिक्षा और उच्छृङ्खल उपदेशादिके फलस्वरूप बड़े गर्व एवं उल्लासके साथ किये जाते हैं ! इस प्रकार जनताको खास करके अपक्वबुद्धि सरलहृदय बालकों, नवयुवकों और नवयुवतियोंको उभाड़कर सदाचारके विरुद्ध खड़े कर देना सुधारके नामपर कितना बड़ा बिगाड़ है, संस्कारके नामपर कितना भयानक संहार है ! इसपर आप विचार करें ।

अतएव प्रत्येक मनुष्यको आत्मसुधारके लिये प्रयत्न करना चाहिये । उन लोगोंको तो विशेष रूपसे करना चाहिये जो समाज और देशकी सेवा करना चाहते हैं । वाणीसे या लेखनीसे वह कार्य नहीं होता, जो स्वयं वैसा ही कार्य करके आदर्श उपस्थित करनेसे होता है । यहाँतक कि फिर उपदेशकी भी आवश्यकता नहीं होती । महापुरुषोंके आचरण ही सबके लिये आदर्श और अनुकरणीय होते हैं । इसीलिये महापुरुषोंको यह ध्यान भी रखना पड़ता है कि उनके द्वारा ऐसा कोई कार्य न हो जाय जो नासमझीके कारण जगत्‌के लिये हानिकर हो । इसलिये वे उन्हीं निर्दोष कर्मोंको करते हैं जो उनके लिये आवश्यक न होनेपर भी जगत्‌के लिये आदर्शरूप होते हैं और करते भी इस प्रकारसे हैं, जिनका लोग सहज ही अनुकरण करके लाभ उठा सकें । स्वयं सच्चिदानन्दघन भगवान् श्रीकृष्णने अर्जुनसे गीतामें इसी दृष्टिसे कहा है—

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ॥
न मे पार्थास्ति कर्तव्यं त्रिषु लोकेषु किञ्चन ।
नानवाप्तमवाप्तव्यं वर्त एव च कर्मणि ॥
यदि ह्यहं न वर्तेयं जातु कर्मण्यतन्द्रितः ।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥
उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम् ।
संकरस्य च कर्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥

(३ । २१—२४)

'श्रेष्ठ पुरुष जैसा-जैसा आचरण करता है, दूसरे लोग भी वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं । वह अपने आचरणसे जो कुछ प्रमाण कर देते हैं—जैसा आदर्श उपस्थित करते हैं, सारा जनसमुदाय उसीका अनुकरण करने लगता है । अर्जुन ! मेरे लिये तीनों लोकोंमें कोई भी कर्तव्य शेष नहीं है और न कोई ऐसी वस्तु ही है जिसे मुझको प्राप्त करना हो, एवं जो मुझे प्राप्त न हो, ऐसा आप्तकाम एवं पूर्णकाम होनेपर भी मैं कर्माचरण करता हूँ । यदि कदाचित् मैं सजग रहकर (जगत्‌को लाभ पहुँचानेवाले) कर्मोंका आचरण न करूँ तो बहुत बड़ी हानि हो जाय; क्योंकि भैया अर्जुन ! लोग तो मुझे श्रेष्ठ मानकर मेरे पीछे-पीछे ही चलते हैं । मेरे कर्म न करनेका फल यह हो कि, सब लोग नष्ट-भ्रष्ट हो जायँ और मैं संकरताका उत्पन्न करनेवाला और इस सारी प्रजाका उच्छेद करनेवाला बनूँ ।'

इससे पता लगता है कि अपनेको श्रेष्ठ माननेवाले अगुआ पुरुषपर कितना बड़ा दायित्व है और उसे अपने दायित्वका निर्वाह करनेके लिये कितनी योग्यता प्राप्त करनी चाहिये, एवं किस प्रकारसे स्वयं आचरण करके लोगोंके सामने पवित्र आदर्श उपस्थित करना चाहिये ।

फिर, एक बात यह भी है कि व्यक्तियोंके समूहको लेकर ही समाज बनता है । यदि एक व्यक्ति यथार्थरूपमें सुधर गया तो समाजका एक अङ्ग सुधर गया । यों सभी व्यक्ति अपना-अपना सुधार करने लगें तो सारा समाज अपने-आप सुधर जाय । एवं यदि इसके विपरीत सभी लोग दूसरोंका सुधार करनेमें लग जायँ, और अपने सुधारकी ओर ध्यान ही न दें तो किसीका भी सुधार न हो ।

इसलिये मेरा आपसे यही निवेदन है कि आप दूसरोंके लिये उपदेशक बननेकी लालसाको दबाकर पहले अपनेमें योग्यता बढ़ावें, एवं अपने जीवनको परम विशुद्ध और भगवान्‌की सेवाके परायण बना दें । फिर आपके द्वारा

जो कुछ होगा, सब विश्वकी सेवा ही होगी। विश्वकी सच्ची सेवा वही कर सकता है, जिसका जीवन विश्वात्मा भगवान्‌के अनुकूल होता है और जो अपनेको विश्वम्भरकी सेवामें समर्पित कर देता है।

(४)

परिस्थितिपर फिरसे विचार कीजिये

सप्रेम हरिस्मरण। आपका पत्र मिले चार महीने हो गये। समयाभाव और स्वभावदोषसे मैं उत्तर नहीं लिख सका, इसके लिये क्षमा चाहता हूँ। आपने अपनी परिस्थिति लिखी, वह अवश्य ही विचारणीय है। ऐसी परिस्थितिमें, आपने जैसा लिखा है, दुर्बल-हृदय और अनिश्चित-बुद्धि मनुष्यके लिये बाध्य होकर इस प्रकारके कर्म करना स्वाभाविक हो जाता है, यह भी ठीक ही है। ऐसी परिस्थितिमें पड़े बिना कोई कैसे कह सकता है कि इस प्रकारके आपद्धर्ममें क्या करना चाहिये। वस्तुतः—

'जाके कबहुँ न फटी बेवाँई। सो का जानै पीर पराई॥

—के अनुसार दूसरेकी परिस्थितिका अनुभव करना और उसे उस परिस्थितिमें इच्छा न रहते हुए भी क्यों ऐसा कार्य करना पड़ता है, इसका यथार्थ निर्णय करना बहुत ही कठिन है। तथापि यह तो मानना ही पड़ेगा कि मनुष्य पापको पाप बताते हुए भी यदि उसे करता है तो या तो वह उसे पाप बताता है पर यथार्थमें समझता नहीं। संखिया खानेसे मनुष्य मर जाता है, यह पक्का विश्वास जिसको होता है वह सुन्दर दीखनेवाले सुमिष्ट लड्डुओंमें भी संखियेका सन्देह हो जानेपर उन्हें नहीं खाता; क्योंकि वह समझता है कि खाऊँगा तो मैं मर जाऊँगा। या इतना उन्मत्त हो गया है कि अपने भले-बुरेका ज्ञान ही खो बैठा है; अथवा उसकी पापमें पापबुद्धि है ही नहीं, केवल दम्भसे उन्हें पाप बतलाता है और परिस्थितिका बहाना लेकर युक्तिवादके द्वारा अपनी दुर्बलताको अवश्यकर्तव्य बतलाकर उसका समर्थन करता है। बहुत बार अच्छाईके वेषमें बुराई आती है, धर्मके नामपर अधर्म आता है और कर्तव्यका स्वरूप धारण करके नितान्त अकर्तव्य आया करता है। ऐसी अवस्थामें मनुष्य उन शास्त्रीय शब्दों या लोकोक्तियोंका, जो अवस्थाविशेषके लिये कर्तव्य होती हैं, सहारा लेकर बुराई, अधर्म या अकर्तव्यका प्रसन्नतापूर्वक वरण करता है। जैसे—

(१) झूठ बोलनेवाला व्यापारी कहता है—व्यापारमें झूठ मिले हुए सत्यके बिना काम ही नहीं चलता। मनुमहाराजने—'सत्यानृतं तु वाणिज्यम्' कहा है। महाभारतादिमें भी व्यापार-विवाह आदिमें मिथ्या भाषण अपराध नहीं माना गया है।

(२) परिवारमें मोह-आसक्ति रखनेवाला सोचता है—भगवान्‌ने इनको हमारे हाथों सौंपा है, इसलिये इनकी सार-सँभाल करना हमारा धर्म है। भरतजीने भी यही किया था।

(३) आलसी कहता है—

अजगर करै न चाकरी पंछी करै न काम।
दास मलूका यों कहै सबके दाता राम॥

(४) भक्त बनकर अपनी पूजा करानेवाला कहता है—

'राम तें अधिक राम कर दासा।'

(५) कड़वा बोलनेवाला कहता है—

बुरे लगें हितके बचन हिये बिचारो आप।
कड़वी भेषज बिनु पिये मिटै न तनकी ताप॥

(६) अपनेको गुरु बताकर पुजवानेवाला उपदेश करता है—

गुरु गोबिंद दोऊ खड़े काकै लागूँ पाय।
बलिहारी गुरुदेवकी जिन गोबिंद दिये मिलाय॥

(७) संत सजकर पूजा करानेवाला भगवान् रामके वचनोंका प्रमाण देता है—

'मोते अधिक संत करि लेखे'

(८) चोर कहता है—स्वयं श्रीकृष्णने माखन चुराया था। इसीसे उनका नाम 'चौराग्रगण्य' है।

(९) जुआरी मानता है—'द्यूतं छलयतामस्मि' गीताके वचनानुसार जुआ तो भगवान्‌का स्वरूप है।

(१०) शराबी और मांसाहारी मनुका प्रमाण देते हैं—

न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये न च मैथुने।

'न तो मांसभक्षणमें दोष है, न मद्यमें और न मैथुनमें ही।'

(११) स्त्री और सेवकोंपर अत्याचार करनेवाले सारा दोष तुलसीदासजीपर मँढ़ते हुए कहते हैं—

ढोल गवाँर सूद्र पसु नारी। ए सब ताड़न के अधिकारी॥

(१२) क्रोधी कहता है—

साँच कहूँ होकर निडर कोई हो नाराज।
मैंने तो सीखा यही साँच बोलिये गाज॥

(१३) माता-पिताकी अवहेलना करके अपने मतका समर्थन करनेवाला गाता है—

जाके प्रिय न राम-बैदेही।
तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥

(१४) झूठा आश्वासन देनेवाले सोचते हैं—कुछ भी कह देना है, करना तो है नहीं 'वचने का दरिद्रता।'

(१५) बात-बातमें डाँट-डपट करनेवाला कहता है—'साँप काटे नहीं तो क्या फुफकारे भी नहीं?'

(१६) भाई-भाईसे लोभवश लड़नेवाला—कौरव-पाण्डवोंकी कथा उपस्थित करता है।

(१७) पर-दोष-दर्शन तथा परनिन्दा करनेवाले प्रमाण देते हैं—

बैद्य न जानैं रोगकौं औ जो नहिं देत बताहिं।
बैद्य धरमतें सो गिरैं रोगी प्रान नसाहिं॥

—और कहते हैं कि यदि हम किसीके दोष न देखें एवं लोगोंको बताकर सावधान न करें तो कैसे उसके दोष छूटें और कैसे लोग उसके दोषोंसे बचें।

(१८) वर्णाश्रमानुकूल धर्म, संयम-नियम, सन्ध्या-वन्दनादिका त्याग करनेवाले अपनेको प्रेमी घोषित करके कहते हैं—'भाई! ये सब तो उन लोगोंके लिये हैं, जिन्होंने प्रेमका मुख नहीं देखा है, प्रेम-राज्यमें इनका क्या काम? एवं नारायण स्वामीके ये दोहे पढ़ देते हैं—

तब लौं यह फाँसी गले, बरनाश्रम ब्रत नेम।
नारायण जब लौं नहीं, मुख दिखलावे प्रेम॥
धर्म धैर्य संयम-नियम, सोच बिचार अनेक।
नारायण प्रेमी निकट, इनमें रहैं न एक॥

(१९) कर्तव्य-कर्मोंका त्याग करनेवाला अपनेको ज्ञानी मानकर भगवान्‌के शब्दोंकी दुहाई देता है—

यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानवः।
आत्मन्येव च संतुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते॥

जिसकी आत्मामें ही रति है, जो आत्मामें ही तृप्त है और आत्मामें ही सन्तुष्ट है, उस मनुष्यके लिये कोई भी कर्तव्य नहीं है।

(२०) आहार-विहारमें पशुवत् व्यवहार करनेवाला गीताका श्लोक पढ़ देता है—

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥

विद्या-विनयसम्पन्न ब्राह्मण, चाण्डाल, गौ, हाथी और कुत्ता इन सभीमें ज्ञानी पुरुष समदर्शी होते हैं।

इसी प्रकार और भी अनेकों बहाने होते हैं बुराईका समर्थन करनेके लिये। वस्तुतः यह इन सद्विचारों एवं सदुक्तियोंका भीषण दुरुपयोग और अर्थका अनर्थ है, जो मूर्खतासे या दम्भसे अपनी दुर्बलताको छिपानेके लिये मनुष्य करता है।

अतएव आप अपने हृदयको टटोलकर देखिये, उसमें कोई छिपा हुआ ऐसा दोष तो नहीं है जो युक्तिवादसे परिस्थितिका बहाना करके आपको धोखा देता हो।

फिर जो धर्मका सच्चा सेवक है और भगवान्‌के पवित्र पथपर चलना ही जीवनका परम कर्तव्य समझता है उसके लिये तो खुला मार्ग है, उसमें किंतु-परंतुको स्थान ही नहीं है। वह तो ऐसा कोई भी कर्म, किसी भी हेतुसे नहीं करता जो अधर्म हो और भगवान्‌के पवित्र पथसे च्युत करानेवाला हो।

संसारमें मनुष्यका वास्तविक शत्रु

(लेखक—डा० महम्मद हाफिज सैयद, एम्०ए०, पी-एच्० डी०, डी०लिट्०)

अर्जुनके भगवान्‌से यह पूछनेपर कि 'मनुष्य बलात्कारसे लगाये हुए-के सदृश न चाहता हुआ भी किसकी प्रेरणासे पापाचरणमें प्रवृत्त होता है?' श्रीभगवान्‌ने उत्तर दिया—

काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम्॥

(गीता ३। ३७)

'रजोगुणसे उत्पन्न यह 'काम' ही क्रोध है, यही महाशन (भोगोंसे कभी तृप्त न होनेवाला) और बड़ा पापी है। यहाँ तुम इसीको वैरी समझो।'

सामान्यतया शोक और संतापके शिकार होकर हम अपने दुर्भाग्यके लिये भगवान्‌को अपराधी ठहराया करते हैं। ऐसी प्रवृत्तिका आधार केवल एक भ्रान्त धारणा है। श्रीभगवान् तो सदा निरपेक्ष और तटस्थ हैं, उनमें न तो कोई राग है न द्वेष। हमारे पथ-प्रदर्शनके लिये उन्होंने केवल किसी अटल नियमविशेषका निर्माण भर कर दिया है। यदि हम उसके अनुकूल आचरण करते हैं तो सुखका अनुभव करते हैं और प्रतिकूल करनेपर स्वाभाविक ही दुःखको प्राप्त होते हैं। भगवदीय इच्छाकी अभिव्यञ्जनास्वरूप यह नियम अपने काममें बिल्कुल अचूक और पक्का है तथा हमारी सत्ताके शारीरिक, मानसिक और नैतिक—सभी क्षेत्रोंको अनुशासित करता है। अपने शोक-संतापोंको उत्पन्न करनेवाले स्वयं हमी हैं, वे हमारी ही कुकृतियों एवं कुविचारोंके परिणाम हैं।

बुद्धि मनुष्यके श्रेष्ठतम तत्त्वोंमेंसे एक है। यदि इसका उचित रीतिसे विकास किया जाय और सचाईसे अनुगमन किया जाय तो यह कठिनाइयोंमें तो बहुत कम डालती है, उल्टे हमें सब ओरसे बचाते हुए बड़ी सुरक्षित रीतिसे मनोवाञ्छित उद्देश्य तक पहुँचा देती है। स्वर्ण तो सभी चाहते हैं, पर उसके लिये परिश्रम करनेसे, उसे खानसे खनकर निकालनेसे भागते हैं। प्रत्येक प्राणी शान्ति, सुरक्षा और सुखकी इच्छा करता है; पर उन्हें वहाँ ढूँढ़ता है, जहाँ वे हैं नहीं। आजकल बहुत-से ऐसे लोग मिलेंगे, जो बुद्धिकी श्रेष्ठताके विषयमें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बातें करते हैं और उसे मनुष्यके लिये निरापद मार्गकी निर्देशिका बताते हैं; पर ऐसे लोगोंकी संख्या ही कितनी है जो अपने व्यवहारको शुद्ध और निर्लिप्त—अनासक्त बुद्धिके आदेशानुसार ठीक रखते हैं। यदि लोग अपनी बुद्धि और साधारण समझकी प्रेरणाओंको सचाईसे मानें तो उनके शोक-संताप बहुत अंशमें कम हो जायँगे।

जब हम अपने हृदयमें खोज-खोजकर यह देखने चलते हैं कि कौन हमारी असंख्य व्याधियोंका कारण बन रहा है, कौन हमें दासताकी बेड़ियोंमें बाँधे हुए और बंद किये हुए है, तो बहुत ध्यानसे देखनेपर यही विदित होता है कि हमारी अनियन्त्रित कामनाएँ ही हमारे अपमान, असफलता, निराशा, शोक और संतापकी जननी हैं। हम बिना विचारे ही इन्द्रिय-भोगोंकी ओर, उनसे अधिक से-अधिक सुख पानेकी आशामें दौड़ पड़ते हैं। परंतु सूक्ष्म विश्लेषण करनेपर हमको पता चलता है कि भोगों और भोग-सामग्रियोंसे हमें जो कुछ मिल रहा था, वह एक ऐसे सुखकी क्षणिक प्रतीति भर है कि जिससे न तो हमें कोई नैतिक संतोषकी प्राप्ति होती है और न वह मनकी उस शान्तिकी ओर ले जाता है जिसे पानेके लिये हमें वास्तवमें प्रयत्नशील होना चाहिये। ज्ञात साधनोंसे हम चाहे जबतक सुखकी आकाङ्क्षा करनेके लिये स्वतन्त्र हैं, पर उचित यही होगा कि कम-से-कम एक बार तो ठहरकर हम अपने अन्तरात्मासे पूछें कि जिसके पीछे हम दौड़ रहे हैं, वह वास्तवमें स्पृहणीय है या नहीं। जगद्गुरु भगवान् श्रीकृष्णके शब्द हमें बार-बार यही चेतावनी देते हैं कि—

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः॥

(गीता ५। २२)

'इन्द्रिय-विषय-संस्पर्शसे उत्पन्न सभी भोग दुःखको प्राप्त करानेवाले हैं, वे आदि-अन्तवाले होनेसे अस्थायी हैं। अतः भैया अर्जुन! बुद्धिमान् पुरुष उनमें नहीं रमते।'

अब यह हमलोगोंका कर्तव्य है कि भगवान्‌के इस कथनकी सत्यताको प्रमाणित करें और स्वयं इस बातका पता लगावें कि भोगोंसे अन्तमें जाकर हमें कोई सन्तोष प्राप्त होता है या नहीं। दूसरी ओर जो लोग भगवान्‌के शब्दोंकी परीक्षा करके उसकी सत्यता प्रमाणित कर चुके हैं, वे हमें निश्चयपूर्वक विश्वास दिलाते हैं कि क्षणिक सुखोंकी आराधना मानसिक शान्तिको उत्पन्न करनेकी जगह हमारे हृदय तथा मनमें और भी अधिक अराजकता, अशान्ति एवं अव्यवस्था उत्पन्न कर देती है। जीवनके उन क्षणोंमें जब हमें ऐसा अनुभव होता है कि हमें किसीके पीछे दौड़ना नहीं है, किसीके पीछे-पीछे चलना नहीं है, किसीके लिये लालसा

नहीं करनी है और कुछ पाना नहीं है, तब हमें भान होता है कि हमारा बोझा हल्का हो गया है, मन शान्त हो गया है और हृदय निर्मल हो गया है। केवल शुद्ध बौद्धिक दृष्टिकोणसे देखते हुए विवेककी कसौटीपर कसकर हमें ग्रहण करना है या तो सुखकी क्षणिक अनुभूतियोंको या उनकी तुलनामें अधिक चिरस्थायी एवं शाश्वत सुखसाधनको। श्री जे० एस्० मिलके शब्दोंमें ऐन्द्रिय-सुखसे बौद्धिक सुख अधिक कालव्यापी होता है।

सुरक्षा एवं सुखकी अधिक विशाल तथा उत्तमतर भावनासे भूषित होनेके लिये हमें अपने समस्त उपद्रवोंके मूलको ढूँढ़ निकालना है और जहाँतक हो सके इसको निकालकर दूर फेंक देना है एवं अपनेको इसके जालसे मुक्त कर लेना है। केवल इसी रीतिसे चिन्ता, अव्यवस्था और कलहके बोझसे हम वास्तविक स्वतन्त्रता तथा सन्त्राण पाकर भारमुक्त हो सकते हैं। सुख और अपने शत्रुपर विजय-प्राप्तिके मार्गमें प्रत्येक पदपर हमें अपनी कामनाके महाशन और महापापात्मक स्वरूपको पहचानकर उसे किसी महत्तर उद्देश्यकी प्राप्तिकी अभिवाञ्छामें परिणत एवं रूपान्तरित कर देना चाहिये। भगवदीय इच्छाकी योजनानुसार हमारे विकास-के उषःकालमें हमें क्रियाशील बनाने तथा योग्यताकी कतिपय दिशाओंमें जानेवाली प्रवृत्तियोंको विकसित करनेमें कामनाका कुछ कम हाथ नहीं रहता। यदि हम निश्चेष्ट रह जायँ तो वे प्रवृत्तियाँ पनपें ही नहीं। भौतिक जगत्के नाना क्षेत्र तथा सांसारिक व्यापारोंके बृहत् विस्तार, जिनसे हम कई विशेष प्रकारकी योग्यताओंको प्राप्त करते हैं—निष्फल हो जाते, यदि हमें अपनी कामनाकी प्रेरणा न प्राप्त होती रहती। यह भी स्वीकार किया जा सकता है कि कम विकसित लोगोंके लिये एक सीमातक कामनाके अनुगमनका भी अपना एक महत्त्व है। पर जब हम अपने मानसिक वृत्तका पर्याप्त विस्तार कर चुके हों और अपनी कुछ नैतिक दुर्बलताओंपर विजय प्राप्त कर चुके हों, तब यह उचित और न्याय्य होगा कि हम अपने भीतर तर्क-वितर्क करके यह जानते कि कौन-सी कार्य-प्रणाली तथा कौन-सी विचारधारा हमें अपने लक्ष्यके समीप ले जानेवाली तथा नष्ट होनेसे बचानेवाली है। अपने विकासके इसी दुराहेपर हम अपने शत्रु और मित्रकी पहचान करना प्रारम्भ कर देते हैं। हमारे विकासके प्रारम्भिक दिनोंमें जो हमारा मित्र था, वही जब हम वयस्क हो जाते हैं और अपने आत्मा तथा भाग्यपर अपना ही शासन एवं प्रभुत्व स्थापित करनेकी इच्छा-से अपने पैरोंपर स्वयं खड़ा होना सीखने लगते हैं, हमारा शत्रु हो जाता है। केवल बुद्धि और सद्विवेक ही हमें यह निर्णय करनेमें सहायता प्रदान कर सकते हैं कि किस कार्य-प्रणालीका अनुसरण करके हमें उसपर चलते रहना चाहिये—बुद्धि एवं धर्मका अथवा इनके विरोधी भावोंका।

कुछ ऐसे नैतिक तथ्य और आदेश हैं, जिनका प्राचीन और अर्वाचीन—सभी धर्मोंने सार्वभौमरूपसे और एक स्वरसे उपदेश किया है। इन धर्मोंके आदि-प्रवर्तकोंको मानव-जाति-के विगत विकास तथा भावी भाग्यका पूरा-पूरा अनुभव और ज्ञान था। अपनी लंबी अनुभूतिके द्वारा वे जानते थे कि नैतिक उन्नतिके मार्गमें मनुष्यके लिये किधर पग बढ़ाना ठीक है। वे व्यवहारके कुछ नियम बना गये हैं जो युग-युगसे-कालकी कसौटीपर खरे उतरते चले आ रहे हैं। इसलिये नैतिक तथ्योंमें विश्वास रखनेवाले एवं अपने कल्याण तथा सुखके लिये नैतिक संतोषकी खोज करनेवाले व्यक्तियोंके लिये उनका पालन करना अनिवार्य हो गया है। हमें बार-बार कुमार्गसे बचनेके लिये तथा सत्य और अहिंसा आदि धनात्मक गुणोंका विकास करनेके लिये कहा गया है। हमें अपने भीतर-की कुप्रवृत्तियोंको, उनके विरोधी गुणोंका विकास करके निकाल देना है। मनुष्यकी सत् अथवा असत् प्रवृत्तियाँ उसके बहुधा आवृत्त विचारों और क्रियाओंका ही परिणाम बनकर आती हैं। निरन्तर चिन्तन तथा विचारके सतत आग्रहसे हम अपने चरित्रमें कतिपय गुणोंका विकास कर सकते हैं और जब हम प्रलोभनमें पड़कर भ्रान्त हों अथवा जीवनकी स्वीकृत और यथोचित योजनाके विरुद्ध काम करनेको उद्यत हों, तब उन विकसित गुणोंके प्रकाशसे यथार्थ मार्ग देख सकते हैं। इस प्रकार हम अपने नैतिक चरित्रका पुनर्निर्माण और सुधार कर सकते हैं और समस्त दोषोंकी मूल कामनारूपी अपने शत्रुको परास्त करनेमें सफल हो सकते हैं।

पथ-प्रकाशके शब्दोंमें जीवनके कष्टों तथा कामनाके दुःखोंको दूर करनेकी इसके सिवा और कोई दवा नहीं है कि हम अपने ध्यानको उसपर केन्द्रित करें जो अविनाशी, अपरिवर्तनशील और अनामय है। दूसरे शब्दोंमें हमें सदैव अपने दिव्य स्वरूपका ध्यान करना चाहिये और अपनेको अपने अन्तरमें स्थित परमात्माके उस सनातन अंशसे एकीभूत करना सीखना चाहिये जो वास्तविक सुख और नित्यजीवनका एक-मात्र स्रोत है। अपने इस महान् काम-शत्रुको परास्त करनेका केवल यही एक उपाय है।

अपूर्व आत्मसमर्पण

(लेखक—श्रीयुत एस० एम० बोरा)

दक्षिण भारतके एक छोटे-से गाँवकी एक छोटी-सी कोठरीमें रेड़ीके तेलका दीपक जल रहा है। कोठरीका कच्चा आँगन और मिट्टीकी दीवालें गोबरसे लिपी-पुती बड़ी स्वच्छ और सुन्दर दिखायी दे रही हैं। एक कोनेमें कुछ मिट्टी पड़ी है, एक ओर पानीका घड़ा रक्खा है; दूसरे कोनेमें एक चक्की, मिट्टीके कुछ बरतन और छोटी-सी एक चारपाई पड़ी है। दीपकके समीप कुशके आसनपर एक पण्डितजी बैठे हैं, पास ही मिट्टीकी दावात रक्खी है और हाथमें कलम लिये वे कुछ लिख रहे हैं। आसपास कुछ पुस्तकें पड़ी हैं, कुछ ही दूरपर पोथियाँ बाँधनेके बैठन पड़े हैं। पण्डितजी बड़ी एकाग्रतासे लिख रहे हैं। बीच-बीचमें पास रक्खी पोथियोंके पन्ने उलट-पलटकर पढ़ते हैं, फिर पन्ने रखकर आँखें मूँद लेते हैं। कुछ देर गहरा विचार करनेके पश्चात् पुनः आँखें खोल-कर लिखने लगते हैं। इतनेमें दीपकका तेल बहुत कम हो जानेके कारण बत्तीपर गुल आ गया और प्रकाश मन्द पड़ गया। इसी बीच एक प्रौढा स्त्रीने आकर दीपकमें तेल भर दिया और वह बत्तीसे गुल झाड़ने लगी। ऐसा करते दीपक बुझ गया। पण्डितजीका हाथ अँधेरेमें रुक गया। स्त्री बत्ती जलाकर तुरंत वहाँसे लौट रही थी कि पण्डितजीकी दृष्टि उधर चली गयी। उन्होंने कौतूहलमें भरकर पूछा—'देवी! आप कौन हैं?' 'आप अपना काम कीजिये। दीपक बुझनेसे आपके काममें विघ्न हुआ इसके लिये क्षमा कीजिये' स्त्रीने जाते-जाते बड़ी ही नम्रतासे कहा। 'परंतु ठहरो, बताओ तो आप कौन हैं? और यहाँ क्यों आयी हैं?' पण्डितजीने बल देकर पूछा। स्त्रीने कहा, 'महाराज! आपके काममें विघ्न पड़ रहा है, इस विक्षेपके लिये मैं बड़ी अपराधिनी हूँ।'

अब तो पण्डितजीने पन्ने नीचे रख दिये, कलम भी रख दी, मानो उन्हें जीवनका कोई नया तत्त्व प्राप्त हुआ हो। वे बड़ी आतुरतासे बोले—'नहीं, नहीं, आप अपना परिचय दीजिये—जबतक परिचय नहीं देंगी, मैं पन्ना हाथमें नहीं लूँगा।' स्त्री सकुचायी, उसके नेत्र नीचे हो गये और बड़ी ही विनयके साथ उसने कहा—"प्राणनाथ! मैं आपकी परिणीता पत्नी हूँ, मुझे 'आप' कहकर मुझपर पाप न चढ़ाइये।"

पण्डितजी आश्चर्यचकित होकर बोले—'हैं, मेरी पत्नी? विवाह कब हुआ था?' स्त्रीने कहा—'लगभग पचास साल हुए होंगे, तबसे दासी आपके चरणोंमें ही है।'

पण्डितजी—तुम इतने वर्षोंसे मेरे साथ रहती हो, मुझे आजतक इसका पता कैसे नहीं लगा।

स्त्री—प्राणनाथ! आपने विवाहमण्डपमें दाहिने हाथसे मेरा बायाँ हाथ पकड़ा था और आपके बायें हाथमें ये पन्ने थे। विवाह हो गया, पर आप इन पन्नोंमें संलग्न रहे। तबसे आप और आपके ये पन्ने नित्य संगी बने हुए हैं।

पण्डितजी—पचास वर्षका लंबा समय तुमने कैसे बिताया—मैं तुम्हारा पति हूँ, यह बात तो तुमने इससे पहले मुझको क्यों नहीं बतलायी?

स्त्री—प्राणेश्वर! आप दिन-रात अपने काममें लगे रहते थे और मैं अपने काममें। मुझे बड़ा सुख मिलता था इसीमें कि आपका कार्य निर्विघ्न चल रहा है। आज दीपक बुझनेसे विघ्न हो गया! इसीसे यह प्रसङ्ग आ गया।

पण्डितजी—तुम प्रतिदिन क्या करती रहती थी?

स्त्री—नाथ! और क्या करती, जहाँतक बनता, स्वामीके कार्यको निर्विघ्न रखनेका प्रयत्न करती। प्रातःकाल आपके जागनेसे पहले उठकर धीरे-धीरे चक्की चलाती। आप उठते तब आपके शौच-स्नानके लिये जल दे देती। तदनन्तर सन्ध्या आदिकी व्यवस्था करती, फिर भोजनका प्रबन्ध होता। रातको पढ़ते-पढ़ते आप सो जाते, तब मैं पोथियाँ बाँधकर ठिकाने रखती और आपके सिरहाने एक तकिया लगा देती एवं आपके चरण दबाते-दबाते वहीं चरणप्रान्तमें सो जाती।

पण्डितजी—मैंने तो तुमको कभी नहीं देखा।

स्त्री—देखना अकेली आँखोंसे थोड़े ही होता है, उसके लिये तो मन चाहिये। दृष्टिके साथ मन न हो तो फिर ये चक्षुगोलक कैसे किसको देख सकते हैं। चीज सामने रहती है, पर दिखायी नहीं देती। आपका मन तो नित्य निरन्तर तल्लीन रहता है अध्ययन, विचार और लेखनमें। फिर आप मुझे कैसे देखते?

पण्डितजी—अच्छा तो, हमलोगोंके खान-पानकी व्यवस्था कैसे होती है ?

स्त्री—दुपहरको अवकाशके समय अड़ोस-पड़ोसकी लड़कियोंको बेल-बूटे निकालना तथा गाना सिखा आती हूँ और वे सब अपने-अपने घरोंसे चावल, दाल, गेहूँ आदि ला देती हैं, उसीसे निर्वाह होता है।

यह सुनकर पण्डितजीका हृदय भर आया, वे उठकर खड़े हो गये और गद्गद कण्ठसे बोले—'तुम्हारा नाम क्या है देवी !' स्त्रीने कहा—'भामती।' 'भामती ! भामती ! मुझे क्षमा करो, पचास-पचास सालतक चुपचाप सेवा ग्रहण करनेवाले और सेविकाकी ओर आँख उठाकर देखनेतककी शिष्टता न करनेवाले इस पापीपर क्षमा करो' यों कहते हुए पण्डितजी भामतीके चरणोंपर गिरने लगे।

भामतीने पीछे हटकर नम्रतासे कहा—'देव ! आप इस प्रकार बोलकर मुझे पापग्रस्त न कीजिये। आपने मेरी ओर दृष्टि डाली होती, तो आज मैं मनुष्य न रहकर विषयविमुग्ध पशु बन गयी होती। आपने मुझे पशु बननेसे बचाकर मनुष्य ही रहने दिया, यह तो आपका अनुग्रह है। नाथ ! आपका सारा जीवन शास्त्रके अध्ययन और लेखनमें बीता है। मुझे उसमें आपके अनुग्रहसे जो यत्किञ्चित् सेवा करनेका सुअवसर मिला है, यह तो मेरा महान् भाग्य है। किसी दूसरे घरमें विवाह हुआ होता तो मैं संसारके प्रपञ्चमें कितना फँस जाती। और पता नहीं शूकर-कूकरकी भाँति कितनी वंश-वृद्धि होती। आपकी तपश्चर्यासे मैं भी पवित्र बन गयी। यह सब आपका ही प्रताप और प्रसाद है। अब आप कृपापूर्वक अपने अध्ययन-लेखनमें लगिये। मुझे सदाके लिये भूल जाइये।' यों कहकर वह जाने लगी।

पण्डितजी—भामती ! भामती ! तनिक रुक जाओ, मेरी बात तो सुनो !

भामती—नाथ ! आप अपनी जीवनसंगिनी साधनाका विस्मरण करके क्यों मोहकी गर्तमें गिरते हैं और मुझको भी क्यों इस पाप-पङ्कमें फँसाते हैं ?

पण्डितजी—भामती ! मैं तुझे पाप-पङ्कमें नहीं फँसाना चाहता। मैं तो अपने लिये सोच रहा हूँ कि मैं पाप-गर्तमें गिरा हूँ या किसी ऊँचाईपर स्थित हूँ।

भामती—नाथ ! आप तो देवता हैं, आप जो कुछ लिखेंगे, उससे जगत्का उद्धार होगा।

पण्डितजी—'भामती ! तुम सच मानो ! भगवान् व्यासने वर्षों तप करनेके बाद इस ग्रन्थकी रचना की और मैंने जीवनभर इसका पठन एवं मनन किया; परंतु तुम विश्वास करो कि मेरा यह समस्त पठन-मनन, मेरा समग्र विवेक, यह सारा वेदान्त तुम्हारे पवित्र सहज तपोमय जीवनकी तुलनामें सर्वथा नगण्य हैं। व्यास भगवान्ने ग्रन्थ लिखा, मैंने पठन-मनन किया, परंतु तुम तो मूर्तिमान् वेदान्त हो।' यों कहते-कहते पण्डितजी पुनः उसके चरणोंपर गिरने लगे। भामतीने उन्हें उठाकर विनम्रभावसे कहा—'पतिदेव ! यह क्या कर रहे हैं ? मैंने तो अपने जीवनमें आपकी सेवाके अतिरिक्त कभी कुछ चाहा नहीं। आपने मुझ-जैसीको ऐसी सेवाका सुअवसर दिया। यह आपका मुझपर महान् उपकार है। आजतक मैं प्रतिदिन आपके चरणोंमें सुखसे सोकर नींद लेती रही हूँ, यों इन चरणोंमें ही सोती-सोती महानिद्रामें पहुँच जाऊँ, तो मेरा महद्-भाग्य हो।'

पण्डितजी—भामतीदेवी ! सुनो, मैंने अपना सारा जीवन इन पन्नोंके लिखनेमें ही बिता दिया। परंतु तुमने मेरे पीछे जैसा जीवन बिताया है, उसके सामने मुझे अपना जीवन अत्यन्त क्षुद्र और नगण्य प्रतीत हो रहा है। मुझे इस ग्रन्थके एक-एक पन्नेमें, एक-एक पङ्क्तिमें और अक्षर-अक्षरमें तुम्हारा जीवन दीख रहा है, अतः जगत्में यह ग्रन्थ अब तुम्हारे ही नामसे प्रसिद्ध होगा। तुमने मेरे लिये जो अपूर्व त्याग किया, उसकी चिरस्मृतिके लिये मेरा यह अनुरोध स्वीकार करो। 'प्रभो ! आप ऐसा कीजिये जिसमें इस अतुलनीय आत्मत्यागके सामने मुझ-जैसे क्षुद्र मनुष्यको जगत् भूल जाय।' 'आप अपने काममें लगिये देव !' यों कहकर भामती जाने लगी। तब 'तुमको जहाँ जाना हो, जाओ। परंतु अब मैं जीवित मूर्तिमान् वेदान्तको छोड़कर वेदान्तके मृत शवका स्पर्श नहीं करना चाहता।' यों कहकर पण्डितजीने पोथी-पत्रे बाँध दिये।

पण्डितजीके द्वारा रचित महान् ग्रन्थ आज भी वेदान्तका एक अप्रतिम रत्न माना जाता है। इस ग्रन्थका नाम है—'भामती' और इसके लेखक हैं—पण्डित वाचस्पति मिश्र।

॥ श्रीहरिः शरणम् ॥

श्रीगीता-रामायण-प्रचार-सङ्घका निवेदन

'कल्याण' में 'गीता-जयन्ती' तक सवा लाख गीतापाठके लिये प्रार्थना की गयी थी। इस सम्बन्धमें पाठकोंकी सूचना प्राप्त हो गयी थी। साथ ही श्रीगीताजी और श्रीरामचरितमानस-प्रचार-सङ्घके सदस्य बननेके लिये भी निवेदन किया गया था। हर्ष और संतोषकी बात है कि 'कल्याण'के पाठक-पाठिकाओंने बड़े ही उत्साहके साथ इस ज्ञानयज्ञमें हाथ बँटाया है तथा हार्दिक सहयोग प्रदान किया है। अबतक श्रीगीता-रामायण-प्रचार-सङ्घके गीता-विभागमें ३२४५ सदस्य और रामायण-विभागमें ३१२५ सदस्य बने हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर प्रतिदिन ७८४ पाठ श्रीगीताजीके और ५२ पाठ श्रीरामायणजीके, इसी हिसाबसे २८२२४० पाठ गीताजीके और १८७२० रामायणजीके वार्षिक स्थायी रूपसे हो रहे हैं।

जिन महानुभावोंने पाठका नियम लिया है आशा है, वे सब-के-सब उसी उत्साहसे नियमानुसार बराबर पाठ करते रहेंगे। यदि किसी कारणविशेषसे किसी सज्जनका कोई पाठ छूट जाय तो वे कृपापूर्वक पाठकी पूर्ति कर लें और भविष्यमें अनुष्ठानका क्रम न टूटे—इस बातका विशेष ध्यान रक्खें। कृपापूर्वक सालमें दो बार, 'पाठ बराबर चालू है' यह सूचना अवश्य देनेकी कृपा करें।

× × ×

आप जानते ही हैं कि गीता और रामायणके पाठकी कितनी अपार महिमा है। विश्व-साहित्यके ये दो अमूल्य रत्न हैं। ये दोनों प्रासादिक ग्रन्थ माने गये हैं और इनके प्रेमपूर्वक स्वाध्यायसे बड़ा भारी लाभ मिलता है। अतः प्रत्येक व्यक्तिका इनके स्वाध्यायके लिये प्रयत्न करना परम कर्तव्य है—ऐसा समझकर आप भी इस कार्यमें योग प्रदान करते रहनेकी कृपा करें।

जिन महानुभावोंने गीता-रामायण-प्रचारमें अपना हार्दिक सहयोग प्रदान कर सदस्य बनाये हैं और बना रहे हैं, उनके प्रति हम बहुत अधिक कृतज्ञ हैं और हम आशा करते हैं कि इसी प्रकार वे विशेष उत्साहसे इस भगवत्कार्यमें हाथ बँटाते रहेंगे—जिससे इसके लाखों सदस्य बनाये जा सकें। प्रत्येक सदस्य कम-से-कम एक-एक और सदस्य बना दें तो यह संख्या सहज ही दुगुनी हो सकती है। सदस्य बनने और बनानेके-लिये आवेदनपत्र नीचे लिखे पतेसे मँगवानेकी कृपा करें।

आशा और विश्वास है—आपका सहयोग हमें सदा मिलता रहेगा।

विनीत,

संयोजक—श्रीगीता-रामायण-प्रचार-सङ्घ
पो० गीताप्रेस (गोरखपुर)

Regd. No. A. 175.

श्रीहरिः

परोपकारकी महत्ता

दानेन भूतानि वशीभवन्ति
दानेन वैराण्यपि यान्ति नाशम् ।
परोऽपि बन्धुत्वमुपैति दानै-
र्दानं हि सर्वव्यसनानि हन्ति ॥

तृणं चाहं वरं मन्ये नरादनुपकारिणः । घासो भूत्वा पशून् पाति भीरून् पाति रणाङ्गणे ॥
परोपकृतिकैवल्ये तोलयित्वा जनार्दनः । गुर्वीमुपकृतिं मत्वा ह्यवतारान् दशाग्रहीत् ॥
परोपकारशून्यस्य धिङ् मनुष्यस्य जीवितम् । जीवन्तु पशवो येषां चर्माप्युपकरिष्यति ॥

दानसे सब प्राणी वशमें हो जाते हैं, दानसे वैर नष्ट हो जाते हैं, दानसे पराये भी अपने भाई-बन्धु बन जाते हैं और दान सारे व्यसनोंको मिटा देता है। उपकार न करनेवाले मनुष्यसे मैं तिनकेको भी श्रेष्ठ मानता हूँ, क्योंकि वह घास बनकर पशुओंकी रक्षा करता है और रणाङ्गणसे भागे हुए डरपोक मनुष्योंको छिपाकर बचा लेता है। एक बार विष्णु भगवान्‌ने मुक्ति और परोपकारको तराजूके पलड़ोंपर रखकर तौला तो परोपकार-का पलड़ा ही भारी रहा। इसीलिये उन्होंने दस अवतार धारण करके परोपकार किया। परोपकार न करनेवाले मनुष्यके जीवनको धिक्कार है। जीते रहें वे पशु, जिनका चमड़ा भी जूता बनकर उपकार करेगा।

आथर्वणोपनिषदः ।

श्रीनारायणभट्टकृतदीपिकाख्यटीकासहिताः ।

पण्डितकुलपतिना

वि, ए, उपाधिधारिणा

श्रीजीवानन्दविद्यासागरभट्टाचार्य्येण

संस्कृताः प्रकाशिताः ।

द्वितीय संस्करणम् ।

कलिकातानगर्य्याम् ।

नारायणयन्त्रे

मुद्रिताः ।

सं १८९२ ।

Uttarpara Jaikrishna Public Library
Accn No. 20097 Date. 26.12.62

सूचीपत्रम् ।

विषयः			पृष्ठाङ्कः ।
१ शिर उपनिषत्	—	—	१
२ गर्भोपनिषत्	—	—	२७
३ नादविन्दूपनिषत्	—	—	४१
४ ब्रह्मविन्दूपनिषत्	—	—	४६
५ अमृतविन्दूपनिषत्	—	—	५२
६ ध्यानविन्दूपनिषत्	—	—	७१
७ तेजोविन्दूपनिषत्	—	—	८४
८ योगशिखोपनिषत्	—	—	८८
९ योगतत्त्वोपनिषत्	—	—	९३
१० सन्यासोपनिषत्	—	—	९९
११ आरुणेयोपनिषत्	—	—	१३३
१२ ब्रह्मविद्योपनिषत्	—	—	१४५
१३ क्षुरिकोपनिषत्	—	—	१५१
१४ चूलिकोपनिषत्	—	—	१६४
१५ अथर्वशिखोपनिषत्		—	१७१
१६ ब्रह्मोपनिषत्	—	—	१८०
१७ प्राणाग्निहोत्रोपनिषत्		—	१९७
१८ नीलरुद्रोपनिषत्	—	—	२०६
१९ कण्ठश्रुत्युपनिषत्	—	—	२१३
२० पिण्डोपनिषत्	—	—	२२५
२१ आत्मोपनिषत्	—	—	२२८

२२	रामपूर्वतापन्युपनिषत्	—	—	२३२
२३	रामोत्तरतापन्युपनिषत्	—	—	२७४
३४	हनुमदुक्तरामोपनिषत्	—	—	२८४
२५	सर्वोपनिषत्सारः	—	—	३०१
२६	हंसोपनिषत्	—	—	३१०
२७	परमसंसोपनिषत्	—	—	३२०
२८	जाबालोपनिषत्	—	—	३३७
२९	कैवल्योपनिषत्	—	—	३५३

शिर उपनिषत्।

ॐ देवा ह वै स्वर्गलोकमायंस्ते रुद्रमपृच्छन्
को भवानिति। सोऽब्रवीदहमेकः प्रथममासी-

रुद्राध्यायोऽथर्वशिरः सप्तखण्डो ह्यथर्वणः।
शिरो भित्त्वा यतो जातं ततोऽथर्वशिरः स्मृतम्॥

योगमारूढस्य महत्पदमारुरुक्षोर्मुनेर्देवादिकृतविघ्नसम्भावनागम्यार्थोपदेशापेक्षा च स्यात्; अतो विघ्ननिवृत्तये उपदेशाय च रुद्रस्तुतिरारभ्यते। किञ्च योगोऽपि तत्प्रसादं विना न सिध्यति। तथा च स्मृतिः।

"न सिध्यति महायोगो मदीयाराधनं विना।
मत्प्रसाद-विहीनानां मन्निन्दापरचेतसाम्।
पशूनां पाशबद्धानां योगः क्लेशाय जायते।
सन्त्यज्याङ्गां शिवेनोक्तां पूजां सन्त्यज्य मामिकाम्"॥ इति।

तत्प्रसादे च निर्विघ्नसिद्धिरुक्ता।

"युञ्जतः सततं देवि! सर्वलोकमयं शिवम्।
मद्ध्यानासक्तचित्तस्य तुष्यन्ते सर्वदेवताः॥
तस्मां सम्पूज्य युञ्जीत मत्प्रसादेन खेचरी।
अन्यथा क्लिश्यतेऽत्यर्थं न सिद्धिर्जन्मकोटिभिः॥ इति।

अमृतविन्दौ, "रुद्राराधनतत्परस्य" इति। तस्मात् रुद्राराधनस्य योगसिद्धाङ्गत्वेनोक्तत्वात् सिद्धिमिच्छता रुद्रोऽप्यवश्यं सेव्य इति रुद्रस्तुतिरारभ्यते, ॐ देवा इति॥ आख्यायिकाविद्यास्तुत्यर्थाः 'देवाः' इन्द्रियाणि इन्द्रादयो वा 'स्वर्गं'

वर्त्तामि च भविष्यामि च नान्यः कश्चिन्मत्तो व्यतिरिक्त इति। सोऽन्तरादन्तरं प्राविशत्, दिशश्चान्तरं प्राविशत्, सोऽहं नित्यानित्यो व्यक्ताव्यक्तो ब्रह्माब्रह्माहं प्राञ्चः प्रत्यञ्चोऽहं दक्षिणाञ्च उदञ्चोऽहम् अधश्चोर्ध्वश्चाहं दिशश्च प्रतिदिशश्चाहं पुमानपुमान् स्त्रियश्चाहं सावित्र्यहं गायत्र्यहं त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप् चाहं छन्दोऽहं सत्योऽहं गार्हपत्यो दक्षिणाग्निराहवनीयोऽहं गौरहं गौर्य्यहमृगहं यजुरहं सामाहमथर्वाङ्गिरसोऽहं ज्येष्ठोऽहं श्रेष्ठोऽहं वरिष्टोऽहमापोऽहं तेजोऽहं गुह्योऽहमरण्योऽहमक्षरमहं क्षरमहं पुष्करमहं पवित्रमहमुग्रञ्च बलिञ्च पुरस्ताज्ज्योतिरित्यहमेव, सर्वेभ्यो मामेव

सत्त्ववृत्तिं कैलासं वा ऋषिभिर्दृतं 'रुद्रम्' आत्मानम् उमापतिं वा। 'आसीत्' व्यत्ययेन प्रथमपुरुषः। 'वर्त्तामि' व्यत्ययेन परस्मैपदम्। 'सः' रुद्रो मङ्गलक्षणः 'अन्तरादन्तरं' गुह्यादगुह्यं प्रविष्टः 'दिशो व्यन्तरं' जातावेकवचनं, दिशां विविधम् अन्तरम् 'प्राविशत्' प्राविशम्, सर्वात्मा सर्वव्यापी च बभूवेत्यर्थः। 'अपुमान्' नपुंसकम्। 'पुष्करं' पद्मं, 'पुष्करं पङ्कजे व्योम्नि पयः-करिकराग्रयोः। औषधी-द्वीप-विहङ्ग-तीर्थ-रोगोरगान्तरे' इति विश्वः। अहमेव 'सर्वे' भावाः व्योममेव, स इति सोऽहमेव सर्वात्मकोऽपि व्योममेव व्योमात्मतां शुद्धात्मतां न जहामीत्यर्थः। व्योमशब्दोऽकारा-

स सर्वः समा यो मां वेद स देवान् वेद सर्वांश्च वेदान् साङ्गानपि ब्रह्म ब्राह्मणैश्च गां गोभिर्ब्राह्मणान् ब्राह्मण्येन हविर्हविषा आयुरायुषा सत्येन सत्यं धर्मेण धर्मं तर्पयामि स्वेन तेजसा। ततो ह वै ते देवा रुद्रमपृच्छन्, ते देवा रुद्रमपश्यन्, ते देवा रुद्रमध्यायन्, ते देवा ऊर्ध्वबाहवो रुद्रं स्तुवन्ति ॥ १ ॥

न्तोऽयम्। तर्हि त्वमुत्कृष्टः, अन्ये अपकृष्टा इति ब्रह्मणि वैषम्यं स्यात्? अत आह, सर्वे समा इति। 'समाः' तुल्याः मत्तो भेदकैर्विशेषैः रहिताः, तेन मत्तोऽन्यन्नास्तीति कथमुत्कर्षापकर्षसम्भव इति भावः। ऐक्यज्ञानफलमाह, यो मामिति। साङ्गानपि वेदेत्यनुषङ्गः; ब्रह्म ब्राह्मणैस्तर्पयामीत्यग्रतनेन सम्बन्धः। 'ब्रह्म' वेदः, स ह्यभ्यासेन त्वत्तो भवति, तदुक्तं, "विद्यामभ्यसनेनेव प्रसादयितुमर्हसि" इति। 'गां' स्त्रियं 'गोभिः' पुंभिः, गोशब्देन लिङ्गमेव विवक्षितं न सुरभित्वमनुगतञ्च जातिः। 'ब्राह्मण्येन' ब्रह्मतेजसा, 'हविः' ओदनादि, 'हविषा' संस्कारकेण सर्पिरादिना, पित्राद्यायुः पुत्राद्यायुषा, सत्येन 'सत्यं' सत्यवादी, सत्यवादि-दर्शनेन त्वत्तो भवति। एवं धार्मिको धार्मिकस्य, स्वेनेति यत्तृप्तिहेतुस्तन्ममैव तेजः। तदुक्तम्।

"या या प्रकृतिरुदारा यो योऽप्यानन्दसुन्दरो भावः।
यदपि च किञ्चिद्रमणीयं वस्तु शिवस्तत्तदाकारः" ॥इति।
"यद्यद्विभूति मत्सत्त्वम्" इत्यादि च ॥

'रुद्रमपृच्छन्' तात्पर्येण पारमार्थिकं रूपं पुनरपृच्छन्

ओं यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च ब्रह्मा तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च विष्णुस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च स्कन्दस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्चेन्द्रस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्चाग्निस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च वायुस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च सूर्य्यस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च सोमस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् ये चाष्टौ ग्रहास्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् ये चाष्टौ प्रतिग्रहास्तस्मै वै नमो०
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च भूस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च भुवस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च स्वस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च महस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् या च पृथिवी तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्चान्तरिक्षं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् या च द्यौस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् याश्चापस्तस्मै वै नमोनमः

'अपश्यन्' यथाभूतं ज्ञातवन्तः, ततो ध्यातवन्तः, तत उच्चैः स्तुवन्ति स्म ॥ १ ॥

ततो ब्रह्म-विष्णु-स्कन्देन्द्राग्नि-वायु-सूर्य्य-सोमाष्टग्रहाष्ट-

यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च तेजस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च कालस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च यमस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यश्च मृत्युस्तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्चामृतं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्चाकाशं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च विश्वं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च स्थूलं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च सूक्ष्मं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च शुक्लं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च कृष्णं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च कृत्स्नं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च सत्यं तस्मै वै नमोनमः
यो वै रुद्रः स भगवान् यच्च सर्वं तस्मै वै नमोनमः ॥२॥

भूस्ते आदिर्मध्यं भुवस्ते स्वस्ते शीर्षं विश्वरू-
पोऽसि ब्रह्मैकस्त्वं द्विधा त्रिधा बुद्धस्त्वं शान्ति-

प्रतिग्रह-भूर्भुवः-स्वः-पृथिव्यन्तरिक्ष-दिवप्--तेज--आकाश--काल-
यम-मृत्वमृत--विश्व-स्थूल-सूक्ष्म-शुक्ल--कृष्ण--कृत्स्न--सत्य--सर्व-
रूपै-रेक-त्रिंशत्पर्य्यायैः अस्तुवन् अत्र यमपर्य्यायानन्तरमन्तक-
पर्य्यायोऽपि पठनीयः, तेन त्र्यम्बक-मन्त्राक्षर-सङ्ख्यया द्वात्रिं-
शत् पर्य्याया भवन्ति ॥ २ ॥

स्त्वं पुष्टिस्त्वं हुतमहुतं दत्तमदत्तं सर्वमसर्वं विश्वमविश्वं कृतमकृतं परमपरं परायणञ्च त्वम्। अपाममसोममभूता अभूमागन्मे ज्योतिर-विदामदेवान्। किं नूनमस्मान् कृणवदरातिः। किमुधूर्त्तिरमृतं मर्त्यस्य सोमसूर्य्यपुरस्तात् सूक्ष्मः पुरुषः। सर्वं जगद्धितं वा एतदक्षरं प्राजापत्यं सौम्यं सूक्ष्मं पुरुषं ग्राह्यमग्राह्येण भावं भावेन

ब्रह्मरूपेणैकस्त्वं ; विराड्रूपेण स्तुतिमाह, भूरिति। 'आदिः' पादौ 'मध्यम्' उदरम्, ब्रह्मरूपेणैकस्त्वं 'द्विधा बुद्धः' सदसद्रूपेण, 'त्रिधा बुद्धः' गुणत्रयभेदेन। 'परायणं' परमयनं स्थानम्। 'अपाममसोमम्' इति त्वयि दृष्टे सर्वं सिद्धमित्यर्थः। 'कृणवत्' छिन्दन् 'अरातिः' शत्रुः, अस्मान् प्रति न किञ्चिदित्यर्थः। 'धूर्त्तिः' हिंसाप्यस्माकं किं त्वदभिरक्षितानां त्वद्रूपमापन्नानां हिंसाकृतदोषाभावात् ; यद्गीतासु, "हत्वापि स इमान् लोकान् न हन्ति न निबध्यते" इति ; अथवा शत्रुकृता हिंसा त्वच्छरणानस्मान् न स्पृशतीत्यर्थः। 'अमृतम्' आदेयं, 'मर्त्यं' हेयञ्च त्वदाश्या कृतार्थानां नो नास्तीत्यर्थः। सोमश्चासौ सूर्य्यश्च 'सोमसूर्य्यः' तेनोभयात्मक एक इत्यर्थः। सोमसूर्य्य इत्युपलक्षणं पञ्चभूतानि सोमसूर्य्यौ यजमानश्चेत्यष्टमूर्त्तिरीश्वरः 'पुरस्तात्' पूर्वस्यां दिशि उदेतीति शेषः। सूक्ष्मो यः पुरुषः स एव 'सर्वं' स्थूलं सम्पन्नम्।

जनु सर्वभावापन्त्या किमर्थं सृष्टिं तनोतीत्यत आह, जगदिति। जगतां हितं 'जगद्धितं' 'एतदक्षरं' ब्रह्म, जीवभोगापवर्गार्थं कृपया सृष्टिरिति भावः। 'प्राजापत्यं' प्रजापतिरूपेण

सौम्यं सौम्येन सूक्ष्मं सूक्ष्मेण वायव्यं वायव्येन ग्रसति, तस्मै महाग्रासाय वै नमोनमः।

हृदिस्था देवताः सर्वा हृदि प्राणा प्रतिष्ठिताः।
हृदि त्वमसि यो नित्यं तिस्रो मात्राः परस्तु सः॥
तस्योत्तरतः शिरो दक्षिणतः पादौ, य उत्तरतः स ओङ्कारः, य ओङ्कारः स प्रणवः, यः प्रणवः स

ग्रसति, तथा भावादिकं तेनैव रूपेण पालितम् 'सौम्यं' सामोऽन्नं यद्रूपेणाप्यायितं 'सूक्ष्मं पुरुषं' जीवं 'ग्राह्यं' देहभावापन्नम् 'अग्राह्येण' कालरूपेण ग्रसति स्थूलस्य सूक्ष्मेऽन्तर्भावात्. 'वायव्यं' प्राणाख्यं 'वायव्येन' वाह्यवायुरूपेण 'महाग्रासाय' उक्तप्रकारेण सर्वभक्षकाय मृत्युमृत्यवे।

'हृदिस्थाः' अन्तःकरणवर्त्तिन्यः 'देवताः' इन्द्रियाधिष्ठातारः 'प्राणाः' वागादयः त्वम् अन्तर्यामिरूपेण यो हृदि त्वमसि तस्मै नमो नम इत्यन्वयः, अतएव स्वप्ने अन्तःकरणेनैव सर्वेन्द्रियव्यवहार इत्युक्ता ध्यानेन देवा उपरताः। इदानीं श्रुतिराख्यायिकामुपसंहृत्य स्वेन रूपेणाह, तिस्र इति। 'तिस्रो मात्राः' अकारोकार-मकाराः सर्वदेवमयाः 'परस्तु' अर्द्धमात्रात्मकः 'सः' शिवः। तस्येति मात्रात्रयातीतो हृदि त्वमसीत्युक्तम्, तत्र सन्देहः, कस्यां दिशि तस्य शिरः? कस्यां वा पादौ? इत्यत उक्तं, 'तस्य' परस्य हृदिस्थस्य उत्तरतः शिरो वर्त्तते, तेन उत्तरमार्गेण गतानां यातायातेन भवतो रुद्रमुखादुपदेशलाभात्; 'दक्षिणतः पादौ' तेन दक्षिणमार्गगामिनां मतागते भवतः, पादयोर्गमनशीलत्वात्; य उत्तरतः स

सर्वव्यापी यः सर्वव्यापी सोऽनन्तः, योऽनन्तस्तत्तारं, यत्तारं तच्छुक्लं, यच्छुक्लं तत्सूक्ष्मं, यत् सूक्ष्मं तद्वैद्युतं, यद्वैद्युतं तत् परं ब्रह्म, यत् परं ब्रह्म स एकः, यः एकः स रुद्रः, यो रुद्रः स ईशानः, य ईशानः स भगवान् महेश्वरः ॥ ३ ॥

अथ कस्मादुच्यते ओङ्कारः, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव प्राणान् ऊर्ध्वमुत्क्रामयति तस्मादुच्यते ओङ्कारः । अथ कस्मादुच्यते प्रणवः, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव ऋग्यजुःसामाथर्वाङ्गिरसं ब्रह्म ब्राह्मणेभ्यः प्रणामयति नामयति च तस्मादुच्यते

ओङ्कारः, स प्रणव इति तथा प्रसिद्धेः ; 'सर्वव्यापी' सर्वव्यापकोऽपि ब्रह्मवाचकत्वात् सोऽनन्तः, अन्यथा सर्वव्याप्यसम्भवात् ; तारम् 'शुक्लं' निर्मलं 'सूक्ष्मम्' इन्द्रियाद्यग्राह्यम् । कथं तर्हि तज्ज्ञानम् ? अत उक्तम् 'तद्वैद्युतं' स्वप्रकाशं 'परं ब्रह्म' सर्वबृहत् अन्येषामात्मलाभस्य तदधीनत्वात् ; अत एवैकः अन्यात्मनस्तदपेक्षत्वेन तदनतिरेकात् । 'सः' रुद्रः "एको रुद्र" इति मन्त्रवर्णात्, 'ईशानः' स्वतन्त्रः, अतएव 'भगवान्' षड्विधैश्वर्यसम्पन्नः एष 'महेश्वरः' अनवधिकैश्वर्यः सर्वेऽप्येते प्रवृत्तिनिमित्तभेदेऽप्येकार्थाः समानाधिकरणवत् ॥३॥

पर्य्यायत्व-शङ्का-निवृत्तये त्रयोदशानामपि प्रवृत्ति-निमित्त-भेदं पृच्छन्ति, अथेति । ऊर्ध्वोत्क्राम-शब्दयोरोङ्कार इति निपातनम्, उपायस्य उपायान्तराविरोधान्न व्याकरण-विरोधः शङ्क्यः, एवमुत्तरेष्वपि । चतुर्वेदात्मकं ब्रह्म 'ब्राह्मणेभ्यः'

प्रणवः। अथ कस्मादुच्यते सर्वव्यापी, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव यथा स्नेहेन पललपिण्डमिव शान्तरूपमोतप्रोतमनुप्राप्तो व्यतिषक्तश्च तस्मादुच्यते सर्वव्यापी। अथ कस्मादुच्यतेऽनन्तः यस्मादुच्चार्य्यमाण एव तिर्य्यगूर्द्ध्वमधस्ताच्चास्यान्तो नोपलभ्यते तस्मादुच्यतेऽनन्तः। अथ कस्मादुच्यते तारं, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव गर्भ-जन्म-व्याधि-जरा-मरण-संसार-महाभयात् तारयति त्रायते च तस्मादुच्यते तारम्। अथ कस्मादुच्यते शुक्लं, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव क्लन्दते क्लामयति च

अध्येतृभ्यः 'प्रणामयति' प्रणतं नम्रं करोति 'नामयति' प्रकरोति तत्तन्त्वमिव करोति स प्रणवः, 'पललं' तिलपिष्टं तस्य 'पिण्डं' गुड़िका, इव शब्दो वाक्यालङ्कारे; यथा तिलपिष्टपिण्डं सर्वतः 'स्नेहेन' तैलेन व्याप्तम्, एवं पटे तन्तुमिव कार्यमात्रे 'ओतञ्च प्रोतञ्च' तानवितानभावमापन्नं 'शान्तरूपं' ब्रह्म 'उच्चार्य्यमाणः' वाचा प्रयुक्तः प्रतीतः एवं सर्वत्र, 'अनु' अनुसृत्य 'प्राप्तः' भेदमापन्नः प्रतिमेव देवेन, तथा वाचकभावेन 'व्यतिषक्तः' सम्बद्धः सर्वात्मकं ब्रह्म तद्रूपेण व्याप्नोति वाचकतया वा सम्बध्नाति सर्वव्यापीत्यर्थः। एवं प्रणवस्य सर्वव्यापित्वादिकम् अर्थाभेदविवक्षया द्रष्टव्यम्। स चार्य्यमाणेऽस्मिन् 'तस्य' ओङ्कारस्य अन्तो ब्रह्मैकत्वान्नोपलभ्यते तेनानन्तः। धातु 'क्लन्दते' कन्दते क्रन्दते ध्वनि-

तस्मादुच्यते शुक्रम्। अथ कस्मादुच्यते सूक्ष्मं, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव सूक्ष्मो भूत्वा शरीराण्यधितिष्ठति, सर्वाणि चाङ्गान्यभिमृशति, तस्मादुच्यते सूक्ष्मम्। अथ कस्मादुच्यते वैद्युतं, यस्मादुच्चार्य्यमाण एव व्यक्ते महति तमसि द्योतयति तस्मादुच्यते वैद्युतम्। अथ कस्मादुच्यते परम्ब्रह्म, यस्मात् परमपरं परायणञ्च बृहद्बृहत्या बृंहयति तस्मादुच्यते परम्ब्रह्म। अथ कस्मादुच्यते एकः, यः सर्वान् प्राणान् सम्भक्ष्य सम्भक्षणेनाजः

रूपेण व्यज्यते 'क्लामयति च' उदात्ततया उच्चारणे प्रयत्नाधिक्यात् शरीरं क्लमयुक्तं करोति तत् शुक्रम्; पूर्वोत्तरपदयोराद्यन्तलोपः। सूक्ष्मो भूत्वा अङ्कुरावस्थायामेवापि 'शरीराणि' देहावयवान् स्वहेतुप्राणाभेदेन प्रयत्नाभेदेन ब्रह्माभेदेन वा 'अधितिष्ठति' आरोहति 'अभिमृशति' सम्बध्नाति व्याप्नोति च सूक्ष्मम्; तस्मात् अव्यक्ते महति 'तमसि' अविद्यायां 'द्योतयति' तन्निरासेन ब्रह्मप्रकाशं करोति तत् वैद्युतम् 'परमपरं' सगुणं निर्गुणञ्च 'परायणं' परमगति, तस्मात् परमित्यन्वयः।

ब्रह्मशब्दनिमित्तमाह, बृहदिति। यस्मात् 'बृहत्' महत्, तस्मात् ब्रह्मेत्यन्वयः। निमित्तान्तरमाह, बृहत्येति। 'बृहत्या' मायया 'बृंहयति' वर्द्धयति कार्य्यं, तेन 'परं ब्रह्म' ओङ्कारः। यः सर्वान् प्राणान्' प्राणाभिव्यङ्ग्यान् वेदान्, अर्थपक्षे वागादीन् 'सम्भक्ष्य' संहारकाले आत्मनि उपसंहृत्य

वस्तुतस्तु, 'अचिन्त्यं' वाङ्मनसातीतत्वेन प्रत्यय-सन्तत्य-विषयम्। वाङ्मनसातीतत्वे हेतुः 'अव्यक्तं' शब्दाद्यशेष-शून्यत्वादस्पष्टमव्यक्तम्। असत्वं परिच्छेदञ्च वारयति, 'अनन्तरूपं' न विद्यते अन्तः इयत्ता रूपाणां शरीराणां यस्य सोऽनन्तरूपः तं, देश-काल-वस्तु-परिच्छेद-शून्यं वा अनन्तरूपं, 'शिवं' मङ्गलरूपं 'प्रशान्तम्' अविद्यादिदोष-रहितम्, 'अमृतं' कालत्रयासंस्पृष्टम्, अमृतत्वद्वा निरतिशयानन्द-रूपत्वेन, 'ब्रह्म' बृहत् सर्वस्मादभ्यधिकं, 'योनिं' जगज्जन्मादि-कारणं, 'तथा' यथैतद्विशेषेण जातं, तद्वत् स्वरूपमपि, 'आदि-मध्यान्त-विहीनम्' उत्पत्ति-परिच्छेद-विनाश-वर्जितम्, तत्र हेतुः, 'एकं' द्वितीय-वस्तुमात्र-रहितं 'विभुं' समर्थं व्यापिनं वा, 'चिदानन्दं' स्वयं प्रकाशमानं निरतिशयानन्दम्, 'अरूपं' चिदानन्द-व्यतिरिक्त-रूप-रहितं, ततः 'अद्भुतम् आश्चर्यकरम् ॥ ६ ॥

'उमासहायं' ब्रह्मविद्या भवानी, सहायः

मच्छकः अर्द्धनारी-शरीरत्वेन वामाङ्क-स्थितानुपम-युवतिरूप-त्वेन वा यस्य स उमासहायः तं, 'परमेश्वरम्' उत्कृष्टब्रह्मादि-नियन्तारं 'प्रभुं' समर्थं 'त्रिलोचनं' त्रीणि सोम-सूर्य्याग्न्यात्मकानि लोचनानि यस्य स त्रिलोचनः तं, 'नीलकण्ठं' कृष्ण-कण्ठं 'प्रशान्तं' प्रसन्नवदनेन्द्रियं, 'ध्यात्वा' प्रत्यय-प्रवाहेण साक्षात् कृत्य 'मुनिः' मननशीलः 'मच्छति' प्राप्नोति 'भूत-योनिम्' आकाशादि-महाभूत-कारणम्।

तर्हि किं कारणत्वोपाधिकमित्याशङ्क्य नेत्याह, 'समस्त-साक्षिं' समस्त-साक्षिणं सर्वबुद्धि-प्रचार-द्रष्टारम्। साक्षित्व-मपि न केवलस्य इत्यत आह, 'तमसः' आवरण-शक्ति-विक्षेप-रूपाया अविद्यायाः, 'परस्तात्' परतः अविद्या-सम्बन्ध-शून्य-मित्यर्थः, उमासहायोपासनातः प्राप्यो निरवद्यो विद्यादशायां सर्वात्मेत्यर्थः ॥ ७ ॥

'सः' उक्तः 'ब्रह्मा' प्रथमशरीरी कार्य्य-कारणभूतः, 'सः' उक्तः 'शिवः' उमासहायः, 'सेन्द्रः' 'सः' उक्तः 'इन्द्रः' त्रिलोकी-पतिः, 'सः' उक्तः 'अक्षरः' विनाश-रहितः, 'परमः' उत्कृष्टः 'स्वराट्' अन्यानपेक्षत्वेन स्वेनैव राजते इति स्वराट्, 'स एव' उक्त एव 'विष्णुः' व्यापन-शीलः शङ्ख-चक्र-गदा-धरः, 'सः' उक्तः 'प्राणः' प्राणादि-पञ्च-वृत्तिरूपः, 'सः' उक्तः 'कालाग्निः' काल-रूपी वैश्वानरः, 'सः' उक्तः 'चन्द्रमाः' शशाङ्कः ॥८॥

'स एव' उक्त एव 'सर्वं' निखिलं 'यत्' प्रसिद्धं 'भूतम्' अतीतं, 'यच्च' यदपि 'भव्यं' भावि, चकारात् वर्त्तमानमपि, 'सनातनं' चिरन्तनं 'ज्ञात्वा' अहं ब्रह्मास्मीति साक्षात्कृत्य, 'तम्' उक्तमानन्दात्मानं 'मृत्युम्' अविद्यां ससंस्कारां 'अत्येति' अतीत्य गच्छति। 'नान्यः' उक्तात् ब्रह्मज्ञानाद्-व्यतिरिक्तः 'विमुक्तये' विमुक्त्यर्थं नास्तीति शेषः ॥

यदा त्रयाणां विश्व-तैजस-प्राज्ञानां, विराड् हिरण्यगर्भेश्व-राणां वा स्वयं प्रकाशत्वेन लोचनं प्रकाश-स्वरूपं त्रिलोचनं नीलं तमोऽज्ञानं कण्ठे कण्ठवच्छिदेकदेशे अधिकव्याप्तत्वेन चैतन्यस्य वर्त्तते यस्य स नीलकण्ठः तमिति व्याख्यातं, तदा 'विषदम्' अविद्या-रहितं 'विशोकं' दुःखसंस्कार-रहितम्, 'उमासहायं' ब्रह्मविद्या-सहायं 'प्रशान्तं' पुनरुत्थान-संस्कार-वर्जितमिति निर्गुणपरत्वेन समग्रं वाक्यमवगन्तव्यम्, निर्गुण-स्याप्युपलब्धत्वेन हृदयप्रदेश-मध्यस्थत्वमविरुद्धम्; तथा च ध्यात्वा मनन-निदिध्यासने कृत्वा इत्येतदप्युपपन्नमेव ॥ ९ ॥

'सर्वभूतस्थं' निखिलेषु स्थावर-जङ्गमेषु तिष्ठतीति सर्व-भूतस्थं, तम्, 'आत्मानम्' अस्मत्-प्रत्यय-व्यवहार-योग्यं, 'सर्व-भूतानि च' निखिलानि स्थावर-जङ्गमानि च, 'चकारः' आधा-राधेय-भावव्युत्क्रमार्थः। 'आत्मनि' आनन्दात्मनि अहम्प्रत्यय-योग्ये, 'सम्पश्यन्' सम्यक् संशय-विपर्य्यय-मन्तरेणावलोकयन् 'ब्रह्म' बृहत् देश-काल-वस्तु-परिच्छेद-शून्यं 'परमम्' उत्कृष्टम् अनुपचरितमित्यर्थः; 'याति' प्राप्नोति, न यातीति देहली-प्रदीप-न्यायेन सम्बध्यते, 'न याति' न प्राप्नोति, 'अन्येन' उक्त-बोध-व्यतिरिक्तेन 'हेतुना' कारणेन ॥ १० ॥

ध्यात्वा गच्छतीत्यस्य व्याख्यानं ज्ञात्वा तमित्यादि; नान्यः पन्था विमुक्तये इत्यस्य व्याख्यानन्तु इदं सर्वभूतस्थमित्यादि। यदा तु एवं ज्ञानं नोपपद्यते, तदा तदुत्पादनोपायमाह, 'आत्मानम्' अन्तःकरणम् 'अरणिं' वह्निजनकं मन्थ-संस्कृतं काष्ठं 'कृत्वा' अधो निधाय अधरारणित्वेन चिन्तयित्वेत्यर्थः। 'प्रणवम्' ओङ्कारम् उत्तरारणिमपि, 'चकारः' कृत्वेत्येतदनु-वृत्त्यर्थः। 'ज्ञान-निर्मथनाभ्यासात्' ज्ञानस्य सर्वात्मकोऽहमस्मी-त्येवं रूपस्य 'निर्म्मथनं' युक्तिभिर्विलोडनं, तस्य 'अभ्यासः'

आहत्तिरूपः, ज्ञान-निर्मथनाभ्यासः, तस्मात्, उत्पन्नेनाहं ब्रह्मास्मीति साक्षात्काराग्निना 'पाशम्' आत्मनो बन्धनरूपम् अज्ञानरज्जु-रचितम् अहमादिग्रन्थिं 'दहति' भस्मीकरोति, 'पण्डितः' पण्डा अहं ब्रह्मास्मीति बुद्धिः, ताम् 'इतः' प्राप्तः पण्डितः ॥ ११ ॥

नन्वस्यासङ्गोदासीनस्याद्वितीयस्य कुतः संसार-पाशरूपः ? इत्यत आह, 'स एव' उक्तोऽसङ्गोदासीन एव, न त्वन्यः, 'माया-परिमोहितात्मा' माया अविद्या आवरण-विक्षेपकरी शक्तिः, तया परिमोहितः स्वयमप्रकाशः आनन्दात्मा स्वस्वरूपः माया-परिमोहितात्मा, 'शरीरं' स्थूलादि-भेदभिन्नं मनुष्यादिकलेवरम् 'आस्थाय' अहं मनुष्य इत्याद्यभिमानम् आसमन्तात् स्वीकृत्य 'करोति सर्वं' निखिलं व्यापारजातं कुरुते। 'स्त्रियन्न-पानादि-विचित्रभोगैः' 'स्त्रियः' मनोऽनुकूला युवत्यः, 'अन्नपाने' मनोऽनुकूले, आदिशब्देन वासनाच्छादनादीनि मनोऽनुकूलानि, तैः स्त्रियन्न-पानादिभिः विचित्रैः भोगैः स्त्रियन्नेति छान्दसम्। 'स एव' माया-परिमूढ़ एव न त्वन्यः, 'जाग्रत्' जागरणम् इन्द्रियैर्बाह्य-विषयोपलब्धिरूपं कुर्वन्, 'परिदृप्तिः' सर्वतो विषय-सुखजा तृप्तिः परिदृप्तिः, ताम् 'एति' गच्छति, सुखं दुःखञ्च प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ १२ ॥

इदानीं स्वप्न-सुषुप्त्योर्विक्षेप-तदभाव कथनेन संसार-मोक्षयोरर्थात् दृष्टान्तमाह, 'स्वप्ने' इन्द्रिय-ग्रामोपरम-रूपायां स्वप्नावस्थायां, सः 'जीवः' प्राणानां धारयिता विविध-वासनावासितः 'सुख-दुःख-भोक्ता' सुख-दुःखयोः प्रसिद्धयोः 'भोक्ता' अहं सुखी, अहं दुःखीत्येवंरूप-प्रत्ययवान् सुख-दुःख भोक्ता।

तत्र संसारस्य दृष्टान्तेन वास्तवत्वं वारयति, 'स्वमायया' स्वस्य तत्तद्देहाभिमानिनः माया अज्ञानं, विपरीत-ज्ञानत्वं,

तया 'कल्पितविश्वलोके' कल्पिते वासनारूपे विश्वस्मिन् रथ रथयोगे पथादिके निखिले लोके भुवने जने च कल्पितविश्व-लोके। स्वप्ने यथा, तद्वज्जागरणेऽपीत्यर्थः। 'सुषुप्तिकाले' आनन्दभोगावसरे 'सकले' निखिले 'विलीने' विशेष-विज्ञाने स्वकारणे लयं गते; एतावत् सुषुप्तौ मोक्षे च समम्; दृयांस्तु विशेषः, 'तमोऽभिभूतः' अज्ञानावृतः 'सुखरूपं' स्वस्वरूपं स्वयं प्रकाशमानम् आनन्दात्म-स्वरूपम् 'एति' गच्छति ॥१३॥

पुनश्च आनन्दात्म-स्वरूपं प्राप्य भूयोऽपि 'जन्मान्तर-कर्म्म-योगात्' प्राग्भवीय—कर्मानुसारात् 'स एव' आनन्दात्म-स्वरूपं प्राप्त एव सुषुप्तिं गतः, न त्वन्यः, 'जीवः' प्राणविधारकः 'स्वपिति' स्वप्नावस्थां गच्छति। अथवा, सुषुप्तात् 'प्रबुद्धः' प्रबोधं जागरणं प्राप्तः भवतीति शेषः ॥

इदानीं जीव-ब्रह्मणो-रैक्यमाह, 'पुरत्रये' स्थूल-सूक्ष्म-ज्ञानाख्ये शरीरत्रये 'क्रीड़ति' विहरति, यश्च जीवः 'चकारः' एवकारार्थः, प्रसिद्धः परमात्मैव प्राणधारकः, 'ततस्तु' तस्मा-देव जीवाभिपन्नः, न त्वन्यः, तस्मात् 'जातम्' उत्पन्नम्, 'सकलं' निखिलं 'विचित्रं' विविधकर्म्म-नाम-रूपं विश्वम् ॥ १४ ॥

'आधारं' रज्जुरिव सर्पधारा-बलीवर्दं-मूर्त्तितत्वादेः, सक-लस्य विश्वस्याधारभूतम् 'आनन्दं' निरतिशयानन्द-स्वरूपम्, 'अखण्डबोधम्' आनन्दरूपत्वेऽपि स्वयं प्रकाशैकस्वभावम्। 'यस्मिन् अखण्डबोधे 'लयं' विनाशं 'याति' गच्छति, पुर-त्रयञ्च व्याख्यातम्, च शब्दादन्यपि।

'एतस्मात्' पुरत्रयाधिष्ठानात् बुद्धेर्द्रष्टुः, 'जायते' उत्प-द्यते, 'प्राणः' क्रियाशक्तिः, 'मनः' अन्तःकरणं ज्ञानशक्तिः, 'सर्वेन्द्रियाणि च' सर्वज्ञान-कर्म्मेन्द्रियाण्यपि, च शब्दाद्देहा-दिकमपि, 'खं' नभः, 'वायुः' नभस्वान्, 'ज्योतिः' धातुः,

'आपः' नीराणि, 'पृथिवी' भूमिः, 'विश्वस्य' निखिलस्य स्थावर-जङ्गमात्मकस्य प्राणिजातस्य 'धारिणी' विधारिणी ॥१५॥

इदानीं महावाक्यार्थमाह, 'यत्' प्रसिद्धं 'परम्' उत्कृष्टं 'ब्रह्म' बृहत् देश-काल-वस्तु-परिच्छेद-शून्यं 'सर्वात्मा' सर्व-प्राणिहृदिस्थितः, सर्वानन्यश्च, 'विश्वस्य' सर्वस्य कार्य-कारण-जातस्य 'आयतनम्' आधारभूतम्, 'महत्' प्रौढ़ं सर्वाधार-त्वेन ; एवं 'सूक्ष्मात्' अणुपरिमाणात् 'सूक्ष्मतरं' महदप्यति-शयेन अणु, 'नित्यं' विनाशशून्यं 'तत्' उक्तं परं ब्रह्म 'त्वमेव' त्वदनुगतमेव न त्वन्यत्।

ननु तत् मत्तोऽन्यत्, अहन्तु तस्मादन्यः, मयि कर्तृ-त्वादिविशेषोपलम्भादित्यत आह, 'त्वमेव तत्' त्वं कर्त्ता भोक्ता अविद्यया, वस्तुतः परं ब्रह्मैव, न त्वन्यः ॥ १६ ॥

इदानीमेवं ज्ञाने फलमाह, 'जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यादि-प्रपञ्चं, जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यादयः उक्ताः, तदादयः विश्व-विराड़ादयः, त एव प्रपञ्चो जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्त्यादि-प्रपञ्चः तं, 'यत्' प्रसिद्धं स्वयं प्रकाशमानं 'प्रकाशयति'। 'तत्' उक्तं स्वयं प्रकाशं 'ब्रह्म' सत्य-ज्ञानादि-लक्षणम्। 'अहं' ब्रह्मावगन्ता चिदानन्दात्मा, 'इति' अनेन प्रकारेण 'ज्ञात्वा' साक्षात् कृत्य 'सर्वबन्धैः' निखिलबन्धैः अहं ममाद्यैश्च सकारणैः 'प्रमुच्यते' प्रकर्षेण मुक्तो भवतीति ॥ १७ ॥

इदानीं सर्वस्मात् प्रपञ्चाद्वैलक्षण्यमाह, 'त्रिषु' जागरण-स्वप्न-सुषुप्तेषु 'धामसु' स्थानेषु 'यत्' प्रसिद्धं 'भोग्यं' स्थूलं प्रवि-विक्तानन्दरूपं 'भोक्ता' विश्व-तैजस-प्राज्ञाख्यः, 'भोगश्च' स्थूल-प्रविविक्तानन्द-भोगोऽपि, चशब्दादधिदैवादि-विभागोऽपि 'यत्' उक्तं त्रिधामं भोग्यादि-प्रपञ्चजातं, 'भवेत्' स्यात्म् ; 'तेभ्यः' त्रिधामादिभ्यः 'विलक्षणः' विपरीतलक्षणः, वैलक्षण्यमाह,

'साक्षी' स्वाध्यः तस्य विश्वस्य द्रष्टा 'चिन्मात्रः' चिदेकरसः 'अहं' अहं-प्रत्यय-व्यवहार-योगः 'सदाशिवः' कैवल्यात्मा नित्य-कल्याणरूपो महेश्वरः ॥ १८ ॥

प्रपञ्च-वैलक्षण्यं स्वस्योक्त्वा इदानीं जगज्जन्मादि-कारणत्व-मपि स्वस्याह, 'मय्येव' मत्त एव ब्रह्माभिन्नात्, न त्वन्यस्मात्, 'सकलं' निखिलं भूत-भौतिक-प्रपञ्चजातं 'जातम्' उत्पन्नम्; 'मयि' ब्रह्माभिन्ने 'सर्वं' निखिलं विश्वं 'प्रतिष्ठितं' प्रकर्षेण स्थितिमापन्नम्; 'मयि सर्वं' व्याख्यातम्; 'लयं याति' नाशं गच्छति; 'तत्' तस्मात् सर्वजगज्जन्म-स्थिति-ध्वंस-कारणात् 'ब्रह्म' बृहत् देश-काल-वस्तुपरिच्छेद-शून्यम् 'अद्वयं' ज्ञाट-ज्ञेयादि-विभाग-शून्यम् 'अस्मि' भवामि। 'अहं' ब्रह्मणो-ऽवगन्ता ॥ १९ ॥

'अणोः' अणुपरिमाणात् 'अणीयान्' अतिशयेनाणुः 'अह-मेव' जगत्कारणम् अहंप्रत्यय-व्यवहारस्य योग्यः, न त्वन्यः, 'तद्वत्' यथा अणुः, तथा महान् सर्वस्मादभ्यधिकः, अहं व्याख्यातम्; अणीयसां महतां च कारणानां यथा भेदः, तथा तत्रापि स्यादित्यत आह, 'विश्वं' साविद्यं भूत-भौतिकं प्रपञ्च-जातम्, अहं व्याख्यातम्; अस्य तत्त्वाभेद-राहित्ये स्वस्मादप्य-भेदः स्यादित्यत आह, 'विचित्रं' विविधं स्वयमनन्तभेदव-दित्यर्थः।

तदभिन्नस्य तस्य तवाप्याधुनिकत्वं स्यादित्यत आह, 'पुरातनः' चिरन्तनः आधुनिक-सर्पधारा-क्लीवर्द-मूत्रितत्वाद्य-भिन्ना चिरन्तनी रज्जुरिव, अहं व्याख्यातम्; 'पुरुषः' परि-पूर्णो वस्तुतः, अहं व्याख्यातम्; अविद्यादशायाम् 'ईशः' नियन्ता, नियन्तृत्वे सामर्थ्यमाह, 'हिरण्मयः' ज्ञानप्रचुरः तत्प्रधानो वा

आदित्यस्थः सर्वकार्यकारणात्मा, अहं व्याख्यातम्, शिवरूपं, मङ्गल-स्वरूपं ब्रह्म 'अस्मि' भवामि ॥ २० ॥

इदानीं सर्वकारण-हीनस्य सर्वज्ञतां स्वस्याह, 'अपाणि-पादः' पाणि-पाद-हीनः, अहं व्याख्यातम्; 'अचिन्त्यशक्तिः' दुर्बोधशक्तिः, एवम्भूतोऽपि जवनो गृहीतवेग इत्यर्थः, 'पश्यामि' अवलोकयामि, सः 'अचक्षुः' चक्षुषा हीनः, सः अचक्षुः द्रष्टा, 'शृणोमि' श्रवणं करोमि 'अकर्णः' कर्णरहितः, अहं व्याख्यातम्; 'विजानामि' विविधं प्रपञ्चजातम् अवगच्छामि, 'विविक्तरूपः' बुद्ध्यादि-पृथग्-रूपः, 'न चास्ति' नास्त्येव, 'वेत्ता' कर्म्म-कर्त्तृ-भावनावगन्ता, 'मम' आनन्दात्मनो भेदरहितस्य 'चित्' स्वयं प्रकाश-बोध-स्वभावः 'सदा' सर्वदा, अहं व्याख्यातम् ॥ २१ ॥

इदानीं सर्वशास्त्र-प्रतिपाद्यस्यात्मनः सर्वविकारभावं दर्शयति, 'वेदैः' ऋगादिभिः 'अनेकैः' बहुभिः, अहमेव व्याख्यातम्; 'वेद्यः' प्रतिपाद्यः; 'वेदान्तकृत्' वेदान्त-सूत्रकृत् वेदव्यासरूपः, 'वेदविदेव च वेदान्तकृतो विशेषणम्; वेदानां साङ्गानां साङ्ग्यविद्या-स्थानानां वेत्ता वेदवित् स एव, न त्वन्यः, चशब्दादनेकतपःसम्पन्नश्च, अहं व्याख्यातम्; अनेन विभूति-मत्त्वेऽपीदमिव प्रधानमित्युक्तम्। 'न पुण्य-पापे' मम स्पष्टम्; न स्त इति शेषः; 'नास्ति नाशः' विनाशो न विद्यते ममेत्यनुषङ्गः; 'न जन्म' जनिः न मम अस्तीत्यनुषङ्गः; 'देहेन्द्रिय-बुद्धिः' देहश्च इन्द्रियाणि च बुद्धयश्च देहेन्द्रिय-बुद्धिः 'नास्ति' न विद्यते, ममेत्यनुषङ्गः ॥ २२ ॥

'न भूमिरापो मम' पृथिवी सोदका मम नास्ति इत्यनुषङ्गः; 'वह्निः' प्रसिद्धः 'नास्ति' न विद्यते, ममेत्यनुषङ्गः; 'न चानिलो मेऽस्ति' वायुरपि मम न विद्यते; चकारात् वायवीयं कार्य-

मपि ; 'न चाम्बरञ्च' आकाशमपि मम नास्तीत्यर्थः ; 'चकारौ' आकाशकार्य्य-तद्व्यतिरिक्तोक्तानुक्त-भावार्थौ। 'एवम्' उक्तप्रकारेण 'विदित्वा' साक्षात्कृत्य 'परमात्मरूपम्' उत्कृष्टानन्दात्मरूपम्, 'गुहाशयं' बुद्धौ शयानं 'निष्कलं' निर्गत-प्राण-श्रद्धा-खं-वायु-ज्योति-रापः-पृथ्वीन्द्रिय-मनोऽन्यद्वीर्य्य-तपो-मन्त्र-कर्म-लोकनामाख्यकलः तम्, 'अद्वितीयं' सजातीय-विजातीय-वस्तु-शून्यं, 'समस्तसाक्षिं' समस्त-साक्षिणं सर्वद्रष्टारं, 'सदसद्विहीनं' भावाभाव-विवर्जितम्। तदेव निरवद्यं गच्छतीत्याह, 'प्रयाति शुद्धं परमात्म-रूपं' स्पष्टम् ॥ २३ ॥

एवम्भूतं परमात्मानं प्रतिपत्तुमशक्तस्य अशुद्धान्तःकरणस्य अन्तःकरण-शुद्ध्यर्थमाह, 'यः' प्रसिद्धः मुमुक्षुः अनुत्पन्न-साक्षात्कारः, 'शतरुद्रियं' नमस्ते रुद्र इत्यादि रुद्राध्यायम् 'अधीते' पठति 'यथाशक्ति' नित्यं, 'सः' शतरुद्रियाध्यापकः 'अग्निभिः' श्रौतैः स्मार्त्तैः पवित्रीकृतः 'पूतो भवति' स्पष्टम् ; 'सुरापानात्' मदिरापानात् महापातक-दोषात् 'पूतो भवति' स्पष्टम् ; 'ब्रह्महत्यात्' ब्रह्महत्यायाः ब्रह्महत्यारूपात् महापातक-दोषात् 'पूतो भवति' स्पष्टम् ; 'कृत्याकृत्यात्' कृत्यं करणीयं बुद्धिपूर्वकं पापम्, 'अकृत्यम्' अबुद्धिपूर्वकं पापं, कृत्यम् अकृत्यञ्च कृत्याकृत्यं, तस्मात्, पूतो भवतीति स्पष्टम् ; 'तस्मात्' शतरुद्रियाध्यापनात् अविमुक्तविरुद्धत्वेन मुक्ताः विमुक्ताः पशवः, तेभ्यो व्यतिरिक्तः 'अविमुक्तः' पशुपतिः, तम् 'आश्रित्य' भवति' स्पष्टम् ; 'अत्याश्रमी' अत्याश्रमः उक्त-परमहंस-लक्षणः स यस्यास्तीति, सोऽत्याश्रमी, 'सर्वदा' निरन्तरम्, 'सकृद्वा' कदाचिद्वा दिवसे दिवसे एकवारमित्यर्थः।

'अनेन' रुद्राध्यायजपेन 'ज्ञानम्' अहं ब्रह्मास्मीति

साक्षात्कारस्वरूपम् 'आप्नोति' प्राप्नोति 'संसारार्णव-नाशनं' संसार-सागर-शोषणम्।

यस्मात् रुद्राध्यायजप. अशेष-पाप निर्हरणद्वारा ब्रह्मज्ञान-हेतुः, 'तस्मात्' ततः 'एवम्' उक्तेन प्रकारेण विनेत्रध्यान-रुद्राध्यायाध्ययनेन 'विदित्वा' साक्षात्कृत्य 'एनं' परमात्मानं 'कैवल्यं' केवलस्य आत्मनो भावः कैवल्यं, तत् 'फलं' पुरुषाभि-लाष-विषयं सर्वपुरुषार्थ-समाप्तिभूतम् 'अश्नुते' प्राप्नोति, 'कैवल्य फल-मश्नुते' व्याख्यातम्। पदाभ्यासः उपनिषत्-समाप्त्यर्थः।

इति श्रीपरमहंस-परिव्राजकाचार्य्यानन्दात्म-पूज्यपाद-
शिष्यस्य श्रीशङ्करानन्द-भगवतः कृतिः
कैवल्योपनिषद्दीपिका समाप्ता।



Scanned by CamScanner



Scanned by CamScanner

उपनिषत्

(५२)

भाग पहिला ।

अनुवादक

पं० शंकरलाल कौशल्य (भोले बाबा)

भूतपूर्व सम्पादक वेदान्त केसरी ।

वेदान्त केसरी कार्यालय,

वेलनगंज-आगरा ।

सर्व अधिकार सुरक्षित ।

१०००] प्रथम संस्करण संवत् १९८८ [मूल्य

१०००] द्वितीय संस्करण संवत् २०१९ [मूल्य ३-००

Scanned by CamScanner

मुद्रक—रामा प्रिंटिंग प्रेस,
रावतपाड़ा, आगरा।
फोन नं० २७३६

प्रकाशक—
श्री योगान्द आश्रम
सत्सङ्ग सभा रजि०
लालघाट, आगरा।

प्रस्तावना।

भारतवर्षके प्राचीन ज्ञान भंडार वेद नामसे प्रसिद्ध है। वे इह तथा परलोक के असीम सुख को प्राप्त करने के लिये तथा मानव जातिको एक उच्चतम लक्ष्य की ओर निश्चित रूपसे जानेके लिये उपदेश देते हैं, इनके पूर्व भागमें कर्मकाण्ड दिया है; तथा इनके अन्तिम भागमें तत्त्व ज्ञान के सर्वश्रेष्ठ सिद्धान्त तथा उसके आधार स्वरूप ऋषियोंके आत्मानुभव ग्रथित किये गये हैं। वेदों के अन्त में होने से इस भाग को वेदान्त कहते हैं। इसी विभाग में उपनिषत् आते हैं। उपनिषदों की संख्या बहुत बतायी जाती है; परन्तु आजकल एक सौ आठ ही का प्रचार है। इनमें से दस ही अत्यन्त प्राचीन होने से अधिक माने जाते हैं और इन दस उपनिषदों पर सभी आचार्यों ने भाष्य लिखे हैं तथा कुछ महत्त्व रखने वाली सभी भाषाओं में इनका अनुवाद भी होगया है। वेद का शिरो भाग रूप प्राचीनता आदि के कारण दस उपनिषदों को महत्त्व दिया जाता है वह योग्य ही है; परन्तु इससे अन्य उपनिषदों का महत्त्व घटता नहीं है, अन्य उपनिषत् भी अपना स्वतन्त्र स्थान और महत्त्व रखते हैं। इनको अर्वाचीनता ही इनका एक भूषण बनगया है। जिस प्राचीन कर्मकाण्ड युग में दस उपनिषदों का प्रचार हुआ उससे वर्तमान कालीन प्रजा अत्यन्त अपरिचित है, इसलिये उस काल में प्रचलित बातों के दृष्टांत और रूपक देकर समझाई हुई बातों का इस समय दुर्बोध होना स्वाभाविक है। परन्तु अन्य उपनिषत् अर्वाचीन होने से

Scanned by CamScanner

उनमें जो भाषा लिखी है, जिन दृष्टांतों का और रूपकों का प्रयोग किया गया है वे हमारे लिये इतने दुर्बोध नहीं है। उन्हीं प्राचीन दस उपनिषदों का आशय इनमें अधिक सुबोध शैली में मिलता है। इसलिये मुमुक्षुओं को स्वाध्याय के लिये ये एक अनमोल साधन रूप है। वैसे ही, मनुष्य की विभिन्न प्रकृति के अनुसार विभिन्न प्रकार की उपासनाओं का तथा योग क्रियाओं का वर्णन इनमें स्थान-स्थान पर आता है इसलिये सभी मनुष्यों के लिये ये एकसे उपयोगी हैं। ऐसे अत्यन्त उपयोगी साहित्य का लाभ सामान्य भाषा जानने वाले भी ले सकें इस उद्देश्य से "वेदान्त केसरी" में इनका अनुवाद प्रकाशित किया गया है। नौ वर्ष में आये हुए इक्यावन उपनिषदों का यह संग्रह पाठकों के आगे उपस्थित है। इस अनुवाद को पुस्तकाकार प्रकाशित करने के पूर्व इसमें यथा संभव संशोधन किया गया है।

इस पुस्तक का यह द्वितीय प्रकाशन श्री योगानन्द आश्रम सत्संङ्ग सभा रजि० लालघाट, आगरा द्वारा किया गया है।

अनुक्रमणिका।

उपनिषत्	पृष्ठ
शान्तिपाठ	१
नमन	३
१ ब्रह्म बिन्दु उपनिषत्:—सगुण, निर्गुण ब्रह्म की उपासना ब्रह्मज्ञान।	५
२ कैवल्य उपनिषत्:—आश्वलायन ऋषि को ब्रह्म विद्या का उपदेश।	८
३ हंसोपनिषत्:—षट् चक्र, हृदय कमल पर हंस की स्थिति और फल, दस नाद।	१२
४ जाबालोपनिषत्: भृकुटी और नासिका की संधि की उपासना, संन्यास सम्बन्धी उपदेश।	१६
५ नारायणोपनिषत्:—ॐ नमोनारायण मन्त्र का वर्णन और उपासना।	२१
६ परमहंसोपनिषत्:—परमहंस का मार्ग, स्थिति और सब प्रकार के भेद का वर्णन।	२४
७ ब्रह्मोपनिषत्:—पुरुष के स्थान और अवस्थायें, यज्ञोपवीत का तात्पर्य, आत्मज्ञान, ज्ञानी के शिखा सूत्र का वर्णन।	२७
८ गर्भोपनिषत्:—पंचभूतात्मक शरीर का वर्णन, गर्भ स्थिति और वृद्धि, पूर्व कर्मों का ज्ञान प्रतिज्ञा और विस्मरण।	३१
९ निरालम्ब उपनिषत्:—निरालम्ब के आश्रय से परम पद की प्राप्ति। ईश्वर, जीव, प्रकृति आदि का वर्णन।	३६

Scanned by CamScanner

उपनिषत्	पृष्ठ
१० क्षुरिका उपनिषत्:—प्राणायाम, नाड़ियां धारणा और समाधि।	४१
११ सर्वसारोपनिषत्:—बंध, मोक्ष, अविद्या, विद्या, चारों अवस्थायें, पञ्चकोश, पंचवर्ग, क्षेत्रज्ञ साक्षी, कूटस्थ, अन्तर्यामी, प्रत्यगात्मा, परात्मा और माया का वर्णन, आत्मा का स्वरूप।	४४
१२ आत्म प्रबोध उपनिषत्:—ॐकार, नारायण, विष्णु तथा आत्मा की उपासना और फल।	४६
१३ कालाग्नि रुद्र उपनिषत्:—त्रिपुण्ड विधि।	५३
१४ तुरीयातीत उपनिषत्:—अवधूत मार्ग, स्थिति।	५५
१५ अध्यात्म उपनिषत्:—ज्ञान का उपदेश, जीवन्मुक्तकी स्थिति, ब्रह्म का स्वरूप।	५८
१६ स्कन्दोपनिषत्:—शिव तथा जीव की एकता, वास्तविक शिव पूजन।	६७
१७ तेजोबिन्दु उपनिषत्:—ॐकार का ध्यान, चिन्मात्र स्वरूप वर्णन, आत्मानुभव, ग्रंह ग्रह, अभ्यास, जीवन्मुक्त, विदेह मुक्त, आत्म अनात्म विवेक।	६६
१८ योग चूड़ामणि उपनिषत्:—योग के ६ अंग, षट्चक्र, लिंग शरीर, ॐकार का अर्थ।	१११
१९ शरीरकोपनिषत्:—आत्मअनात्मविवेक, चार अवस्था, सूक्ष्म शरीर, आठ विकार।	१२४

उपनिषत्	पृष्ठ
२० ब्रह्मविद्या उपनिषत्:—ब्रह्म विद्या रहस्य, ॐकार के शरीर आदि देह में हंस का पूजन, हंस विद्या के दाता गुरु का महत्व।	१२७
२१ योग तत्वोपनिषत्:—अष्टांग योग, आत्म भावना, पंच भूत विजय, वज्रोली अमरोली राजयोग।	१३८
२२ मुक्तिकोपनिषत्:—उत्पत्ति लय, मोक्ष साधन, प्राण के कार्य, आत्मा की उपासना, लय।	१५२
२३ कुण्डिकोपनिषत्:—संन्यास विधि तथा उपासना।	१७४
२४ संन्यासोपनिषत्:—संन्यास ग्रहण विधि, संन्यास के भेद, अवधूत का स्वरूपानुसंधान, आतुर संन्यास, संन्यासियों की गति, भिक्षा वृत्ति।	१७८
२५ परमहंस परिव्राजक उपनिषत्:—संन्यास विधि निष्ठा, ब्रह्म प्रणव, परमहंस की स्थिति।	१९४
२६ त्रिशिख ब्राह्मण उपनिषत्:—सृष्टि की उत्पत्ति, जीव की गति, अष्टांग योग, कर्म योग, यमनियमादि, आसन, प्राणायाम अग्नि का स्थान, नाभि चक्र, नाड़ियां, अरिष्टदर्शन।	२०१
२७ कलिसंतरणोपनिषत्:—तारक मन्त्र उसका महात्म्य और फल।	२१९
२८ जाबालि उपनिषत्:—जीव पशु और सर्वज्ञ ईश पशुपति, विभूति धारण, त्रिपुण्ड विधि।	२२१

Scanned by CamScanner

उपनिषत्	पृष्ठ
२६ अमृतनाद उपनिषत्:—आत्म चिन्तन, योगांग वर्णन, पंच तत्वकी धारणा, प्राणों के स्थान और वर्ण।	२२१
३० मैत्रेयी उपनिषत्:—ज्ञानोपदेश, आत्म, शुद्धि, अद्वैत भावना, संन्यास, आत्म निदिध्यासन।	२२६
३१ नादविन्दु उपनिषत्:—ॐकार की उपासना, आत्म ज्ञानी की स्थिति, वैष्णवी मुद्राद्वारा नाद श्रवण।	२३६
३२ अद्वयतारकोपनिषत्:—ब्रह्म ध्यान, ब्रह्मानुसंधान, तारक के लक्ष्य रूप आकाश पंचकका वर्णन, शांभवी मुद्रा, गुप्त शब्द का अर्थ और महिमा।	२४५
३३ निर्वाणोपनिषत्:—परिव्राजक के लक्षण।	२५०
३४ ध्यान विन्दु उपनिषत्:—ध्यान योग, एकाक्षर ब्रह्म, प्राणायाम, त्रिदेव का ध्यान, नाड़ियों—प्राण संचालन, हंस का जाप, कुंडलिनी बोधन, खेचरी मुद्रा।	२५३
३५ मण्डल ब्राह्मण उपनिषत्:—अष्टांग योग, प्रणव का ध्यान, अमनस्क रहस्य, तारक योग, अवधूत स्थिति।	२६६
३६ भिक्षुकोपनिषत्:—चार प्रकार के संन्यासियों का आचार वर्णन।	२७५
३७ आरुणिक उपनिषत्:—संन्यास विधि।	२७९

उपनिषत्	पृष्ठ
३८ मैत्रायणी उपनिषत्:—आत्म तत्व वर्णन, जीव कर्म बन्धन, ब्रह्म की स्तुति, प्रणव उपासना, गायत्री उपासना, आत्मा का साक्षात्कार।	२८२
३९ योग शिखोपनिषत्:—ध्यान, क्रिया, प्राणायाम, मंत्र, लय, हठ और राज योग, कायमत, सिद्धियां, जीवन्मुक्त, कुण्डलिनी और चक्र। नाद, ब्रह्म, आत्म ज्ञान, काम रूप पीठ, ब्रह्मगिरि पीठ, नाड़ी चक्र, खेचरी मुद्रा, सिद्धियां, नाड़ियां, प्राण निरोध, पराशक्ति संचालन. आधार चक्र निरोध, दस नादादि अनुभव. प्राण, विन्दु, चक्र और चित्त का अभ्यास।	२९८
४० पैङ्गलोपनिषत्:—जगत की उत्पत्ति, पंचभूत कोष, चैतन्य की पांच अवस्थायें, महावाक्य, धर्म मेघ समाधि, अपरोक्ष अनुभव, आत्म ध्यान, ज्ञानी के कर्म और स्थिति।	३२७
४१ शाण्डिल्योपनिषत्:—अष्टांग योग, प्रागादि के कर्म, साधन, वंध, सहित और केवल कुम्भक, वैष्णवी तथा खेचरी मुद्रा, विभिन्न स्थानों में प्राण तथा चित्त धारण करने का फल, आत्मा का स्वरूप, विश्व की उत्पत्ति।	३५२
४२ कठ रुद्रोपनिषत्:—संन्यास विधि, आचार, ब्रह्मज्ञान, अभय प्राप्ति।	३७७

Scanned by CamScanner

उपनिषत्

		पृष्ठ
४३	अवधूतोपनिषत्:—अवधूत की स्थिति आचार और भावना।	३८४
४४	अथर्व शिरोपनिषत्: रुद्र का स्वरूप, रुद्र स्तुति, ॐकार स्वरूप, रुद्र का ध्यान, विश्व रूप रुद्र की उपासना, रुद्र से प्रजोत्पत्ति।	३८६
४५	वज्र सूचिका उपनिषत्:—वास्तविक ब्राह्मण।	३९८
४६	कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषत्:—देवयान—ब्रह्मलोक-मार्ग वर्णन। प्राण उपासना, आन्तर अग्नि होत्र, प्राणों की श्रेष्ठता, पुत्रीय सम्प्रदान, प्राण की उपासना. अजात शत्रु काबालाकि को ब्रह्मोपदेश।	४०१
४७	अथर्व शिखोपनिषत्:—ॐकार की उपासना।	४३३
४८	शरभोपनिषत्:—रुद्र स्तुति।	४३६
४९	पाशुपत ब्रह्मोपनिषत्:—हंस की उपासना, यज्ञोपवीत और संन्ध्या का आध्यात्मिक भाव।	४४२
५०	योग कुण्डल्युपनिषत्:—प्राण—जय, प्राण निरोध, कुण्डली शोधन, खेचरी विद्या, खेचरी मंत्र।	४५२
५१	नारद परिव्राजकोपनिषत्:—संन्यास के अधिकारी, संन्यासियों के आचार, संन्यास विधि, संन्यासियों के भेद।	४६९
५२	वाराह उपनिषत्:—ब्रह्म विद्या का उपदेश।	५३४

सिवा आत्म कोई नहीं दूसरा है।
सभी विश्वमें एक आत्मा भरा है॥
न मैं हूँ, न तू है नहीं ये पसारा।
यही ब्रह्म विद्या यही ज्ञान सारा॥

Scanned by CamScanner

उपनिषत् ।

[५१]

भाग पहिला ।

॥ शान्ति पाठ ॥

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्ण मेवावशिष्यते ॥
ॐ शान्तिः शन्तिः शान्तिः ।

शब्दार्थः—यह पूर्ण है, वह पूर्ण है, पूर्ण से पूर्णवत्ता है, पूर्ण में से पूर्ण ले लेने से पूर्ण ही शेष रहता है। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

ॐ सह नाववतु । सहनौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

Scanned by CamScanner

शब्दार्थः—वह हम दोनों का रक्षण करे, वह हम दोनों का पालन करे, हम दोनों एक साथ सामर्थ्य को प्राप्त हों, हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम परस्पर द्वेष न करें। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

ॐ आप्ययान्तु ममाङ्गानि वाक् प्राण-श्चक्षुः श्रोत्र मथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मोपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्व निराकरणं मेऽस्तु। तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि संतु ते मयि संतु। ॐ शांतिः शांतिः शांतिः

शब्दार्थः—मेरे अंग वृद्धि को प्राप्त हों, वाणी, घ्राण, चक्षु श्रोत्र, बल और सब इन्द्रियां वृद्धि को प्राप्त हों। सब उपनिषत् ब्रह्म है। मुझसे ब्रह्म का त्याग न हो और ब्रह्म मेरा त्याग न करे, मेरा त्याग न करे। उसमें रत हुए मुझको उपनिषत् में प्रतिपादित धर्म की प्राप्ति हो। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनोमे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावि र्म एधि वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहो

रात्रात्संदधाम्यृतं वदिष्यामि सत्यं वदि-ष्यामि। तन्माममवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्।

मेरी वाणी मन में स्थित है, मेरा मन वाणी में स्थिति है। हे स्वप्रकाश ब्रह्म, तुम मुझे प्रकट हो, मुझे ज्ञान प्राप्त हो। मेरा श्रवण किया हुआ मुझसे भुलाओ नहीं, मैं रात दिन पढ़े हुए का अनुसंधान करता हूँ। मैं शास्त्रानुसार भाषण करूंगा, मैं सत्य भाषण करूंगा। वह मेरी रक्षा करें, वक्ता की रक्षा करें, मेरी रक्षा करे तथा वक्ता की रक्षा करें।

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं-पश्येमाक्षभिर्यजत्राः। स्थिरैरंगैस्तुष्टुवाँसस्त-नूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥

हे देव, हम कान से कल्याण की बातें सुनें, आँखों से कल्याण देखें। दृढ़ अंगों से तथा शरीर से अपनी ईश्वर प्रदत्त आयु हम तुम्हारी स्तुति करते हुए व्यतीत करें।

नमन।

ॐ नारायणं पद्मभवं वसिष्ठं शक्तिं चतत्पुत्र पराशरंच। व्यासं शुकं गौडपदं महान्तं गोविन्द योगीन्द्र मथास्य शिष्यम्॥१॥

Scanned by CamScanner

श्री शंकराचार्यं मथास्य पद्मपादं च हस्तामलकं च शिष्यम् । तं त्रोटकं वार्तिक-कारमन्यानस्मद्गुरुन्संततमानतोऽस्मि ॥२॥

नारायण, ब्रह्मा, वशिष्ठ, शक्ति तथा उनका पुत्र पराशर, व्यास, शुक, गौड़पाद, गोविन्द, योगीन्द्र तथा उनके शिष्य ।

श्री शंकराचार्य तथा उनके शिष्य पद्मपाद हस्तामलक, त्रोटकाचार्य और वार्तिककार सुरेश्वराचार्य तथा अन्य सद्गुरुओं को मेरा सदा नमस्कार है ।

श्रुति स्मृति पुराणानामालयं करुणालयं ।
नमामि भगवत्पादं शंकरं लोक शंकरम् ॥३॥

श्रुति स्मृति और पुराण के मर्मज्ञ, जगत, के कल्याण कर्त्ता, करुणा सागर भगवत्पाद श्री शंकराचार्य को मेरा नमस्कार है ।

शंकर शंकराचार्यं केशवं वादरायणं ।
सूत्रभाष्य कृतौ वन्दे भगवन्तौ पुनः पुनः ॥

शंकर स्वरूप शंकराचार्य हैं तथा विष्णु स्वरूप वादरायण हैं इस प्रकार इन सूत्रकार और भाष्यकार महात्माओं को मेरा वार वार नमस्कार है ।

ब्रह्मविन्दु उपनिषत् ।

[१]

मन दो प्रकार का है—शुद्ध और अशुद्ध । कामना वाले मन को अशुद्ध कहते हैं कामना रहित मन को शुद्ध कहते हैं ॥१॥ मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का कारण मन है । जो मन विषया-सक्त हो तो बन्धन को प्राप्त होता है और विषय वृत्ति से रहित मन मुक्त होता है ॥२॥ इसलिए मुक्ति की इच्छा वाले मनुष्य को चाहिए कि मन को शुद्ध करे निर्विषय मन वाले की ही मुक्ति होती है ॥३॥ विषय संग से पृथक् हुआ हृदय में स्थित मन जब उन्मनी भाव को प्राप्त होता है तब वह परम पद को प्राप्त होता है ॥४॥ जब तक हृदय में मन का क्षय (नाश) न हो तब तक उसको निरोध करना चाहिये । मन के निरोध को ज्ञान और मोक्ष कहते हैं और इससे भिन्न मात्र ग्रन्थ का विस्तार रूप है ॥५॥ अशुद्ध मन से ब्रह्म का चिन्तवन नहीं हो सक्ता परन्तु शुद्ध मन से ब्रह्म अचिन्त्य नहीं है इसलिए ब्रह्म अचिन्त्य होते हुए भी चिन्तवन हो सक्ता है । इस प्रकार चिन्तवन करने से पक्षपात रहित ब्रह्म की प्राप्ति होती है ॥६॥

प्रथम स्वरमें (सगुण ब्रह्म) मनको लगाकर फिर अस्वर (निर्गुण ब्रह्म) की धारणा करनी चाहिये, निर्गुण भावनासे भाव (परमार्थ वस्तु) अभावरूप नहीं होता ॥७॥ यही सब प्रकारकी कलासे रहित, सब विकल्पसे रहित और मायासे रहित ब्रह्म है,

Scanned by CamScanner

इस प्रकारका ब्रह्म स्वरूप मैं हूँ ऐसे ज्ञान की जब प्राप्ति होती है तब निश्चय ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥८॥ ब्रह्म में किसी प्रकार का विकल्प नहीं है। वह अन्त रहित है उसमें हेतु दृष्टान्त (कार्य कारण) भाव नहीं होता। वह प्रमाण रहित है उससे प्रथम कोई नहीं है। ऐसे परम शिव का ज्ञान प्राप्त होने से ज्ञानी को किसी प्रकार बन्धन नहीं रहता, उसमें उत्पत्ति भाव नहीं रहता उसको वन्दन करने योग्य कोई नहीं होता, उसका शासन रूप कोई नहीं होता, उसको मुक्ति की इच्छा नहीं होती और मुक्ति का भाव भी नहीं होता यह स्थिति परमार्थता है ॥९-१०॥

जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति तीनों अवस्थाओं में एक ही आत्मा है, ऐसे मानना चाहिये। इन तीनों अवस्थाओं को अतिक्रमण (उल्लंघन) करने वाले को पुनर्जन्म नहीं होता ॥११॥ प्रत्येक प्राणी में रहा हुआ आत्मा एक ही है। जैसे चन्द्रमा एक रूप से और जल में अनेक रूपों से भासता है, वैसे ही वह आत्मा एक रूप से तथा अनेक रूप से दीखता है ॥१२॥ जब घट का नाश होता है तब उसमें रहने वाला आकाश महाकाश में लय होता है परन्तु घट में रहने वाले आकाश का नाश नहीं होता इसी प्रकार देह के नाश होने से जीव का नाश नहीं होता ॥१३॥ देह का नाश होने से घट के समान जीव अनेक प्रकार के देह वारम्वार धारण करता है। देह, जिसकानाश होता है, कुछ भी नहीं जानता परन्तु आत्मा, जो नित्य है वह सब जानता है ॥१४॥ जीव जब तक शब्द की माया में आवृत्त है यानी शब्द ज्ञान

होते हुए लक्ष्य नहीं होता तब तक वह हृदयाकाश में टिकता है परन्तु अज्ञान के नाश होने से सब एक रूप हैं, ऐसे देखता है ॥१५॥ देहादिक के नाश होने से जिसका नाश नहीं होता वह शब्दाक्षर परब्रह्म है। जो अधिकारी पुरुष आत्मा के कल्याण की इच्छा करता हो उस अधिकारी को अक्षर ब्रह्म का ध्यान करना चाहिये ॥१६॥ शब्द ब्रह्म और परब्रह्म (परा और अपरा) ऐसी दो प्रकार की विद्या जानो, जो शब्द ब्रह्म के जानने में कुशल होता है उसको परब्रह्म की प्राप्ति होती है ॥१७॥ जैसे धान की इच्छा वाले, धान को ग्रहण करके पराल को त्याग देते हैं, वैसे बुद्धिमान् पुरुष ग्रन्थों का अभ्यास करके ज्ञान विज्ञान के तत्त्व को जानने के पश्चात् सब ग्रन्थों का त्याग करदे ॥१८॥ जैसे अनेक रंग वाली गौओं का दूध एक ही रंग का श्वेत होता है वैसे ही ज्ञान दूध के समान सर्वत्र एक ही है, भेद जैसे गौओं में है ऐसे देहों में है ॥१९॥ जैसे दूध में घी अवश्य रहता है वैसे ही सब भूतों में विज्ञानात्मा रहता है। इस विज्ञानात्मा का मन रूप रई से मन्थन करे ॥२०॥ इस रई में ज्ञान रूप नेति जोड़े, इसके पीछे उसमें से उत्पन्न हुए मन्थन में से घी निकले, (योग रूप) अग्नि पर धरे, इस प्रकार करने से 'सब कलाओं से रहित शुद्ध और शान्त ब्रह्म मैं ही हूँ' ऐसी स्मृति होती है ॥२१॥ जो सब प्राणियों का आधार है और जो सब प्राणियों में अनुग्रह कर के भीतर स्थित है वही वासुदेव रूप आत्मा मैं स्वयं हूँ वासुदेव रूप वही आत्मा मैं स्वयं हूँ ॥२२॥

वेदान्त

Scanned by CamScanner

कैवल्य उपनिषत् ।

[२]

आश्वलायन मुनि ब्रह्माके पास जाकर कहने लगे, हे भगवन् ! सत्पुरुषों के सेवन करने योग्य, गुप्त ब्रह्म विद्याका मुझको उपदेश कीजिये, जिससे दीर्घ काल के किये हुए अनेक पापों का नाश करके पर से पर, परम पुरुष को विद्वान् प्राप्त होते हैं ॥१॥ तब पितामह ब्रह्मा कहने लगे "श्रद्धा, भक्ति और ध्यान से इस ब्रह्म-विद्या को जान ॥२॥ कर्म से, प्रजा से तथा धन से इस ब्रह्मभाव की प्राप्ति नहीं होती, मात्र त्याग से अमृत रूप ब्रह्मकी प्राप्ति होती है । वह स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है, हृदय रूप गुफा में विराजता है और उसीको यति प्राप्त होते हैं ॥३॥ जो मुनि लोग वेदान्त के विज्ञान से निश्चय होते हैं तथा संन्यास योग से शुद्ध अन्तःकरण वाले होते हैं, विशुद्ध अन्तःकरण वाले वे सब मोक्ष स्वरूप मरने पर ब्रह्मलोक में जाते हैं परम अमृत रूप वे सब ब्रह्मा के साथ मुक्त होजाते हैं ॥४॥ संन्यासी एकान्त प्रदेश में शुचिभूत होकर सुखा-सन पर ग्रीवा, मस्तक तथा सब शरीर सीधा रख कर बैठ जाय, फिर इन्द्रियोंका निरोध करके सद्गुरुको भक्तिसे प्रणाम करे ॥५॥ रजोगुण से रहित और शुद्ध होकर, सुख दुःखादि से रहित, हृदय में कमल रूप रहे हुए आत्मा का चिंतन करना आत्मा का स्वरूप अचिंत्य है, अव्यक्त है, अनंत रूप वाला है, शिव रूप है, प्रशान्त

है, अमृत रूप है, ब्रह्म योनि रूप है ॥६॥ वह आदि, मध्य और अन्त से रहित है, एक है, सर्वत्र व्यापक है, चिदानन्द रूप है, सर्व रूप से रहित है, और अद्भुत है । उमा सहाय है जिसकी ऐसा प्रभु रूप त्रिनेत्र वाला, नीलकंठ वाला, प्रशांत ऐसे परमेश्वर का ध्यान करके मुनि प्राणी मात्र के कारण रूप, सर्व के द्रष्टा रूप अज्ञान से भिन्न ऐसे परब्रह्म को प्राप्त होता है ॥७॥ यह परमात्मा ही ब्रह्मा है, वह ही शिव है, वह ही इन्द्र है, वह ही अक्षर है वही परम है स्वयंप्रकाश है, विष्णु है, प्राण रूप, काल रूप, अग्नि रूप तथा चन्द्र रूप है ॥८॥ वही सर्व रूप से तथा भूत, भविष्य, वर्त-मान तथा सनातन रूप है, ऐसे परमात्मा का ज्ञान जिसको होता है वह मृत्यु को अतिक्रमण करता है । इसके सिवाय मुक्ति का और कोई मार्ग नहीं है ॥९॥ सब भूतों में मेरा आत्मा रहता है और मेरे आत्मा में सब भूत रहते हैं, ऐसा जो जानता है उसको परब्रह्म भाव की प्राप्ति होती है, दूसरे को किसी कारण से नहीं होती ॥१०॥ अपने आत्मा को अरणि (मथने योग्य लकड़ी) रूप करके और प्रणव रूप ॐकार को नीचे की अरणि करके ज्ञानाग्नि को मन्थन दंड से मन्थन करने से विवेकी पुरुष सब पापों का नाश करता है ॥११॥ माया से मुग्ध बना सो ही आत्मा शरीर को प्राप्त करके, स्त्री, अन्न, पानादि अनेक प्रकार के भोगों को भोग कर जाग्रत में तृप्त होता है ॥१२॥ सो ही (जीव) स्व-प्नावस्था में अपनी माया से कल्पित जीव लोक में सुख दुःख का भोक्ता बनता है वैसे ही सुषुप्तावस्था में तम से आच्छादित हुआ

Scanned by CamScanner

सो जीव सब इन्द्रियों का लय होने से सुख को प्राप्त होता है ॥१३॥ पूर्व जन्म में किये हुए कर्म के योग से जाग्रत भाव को प्राप्त हुआ जीव पुनः सुषुप्ति भाव को प्राप्त होता है। जीव इस प्रकार से तीनों शरीरों की तीनों अवस्थाओं में क्रीड़ा करने वाला होने से सब विचित्र भावों को उत्पन्न करता है; यह जीवात्मा सबका आत्मा रूप, आनन्द रूप और अखंड ज्ञान रूप है। इस आत्मा में तीनों प्रकार की अवस्थायें लय को प्राप्त होती हैं ॥१४॥ इस आत्मा में से प्राण, मन, सब इन्द्रिय, आकाश, वायु, ज्योति, जल और विश्व धारण करने वाली पृथ्वी उत्पन्न हुई है ॥१५॥ जो परब्रह्म सर्वात्म रूप विश्व का कारण रूप महत् रूप है सो ही परमात्मा सूक्ष्म से भी सूक्ष्म नित्य सत्य स्वरूप तथा स्वंरूप (जीव रूप) है ॥१६॥ जो ब्रह्म जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति आदि प्रपंच को प्रकाश करता है सो ब्रह्म मैं स्वयं हूँ इस प्रकार के ज्ञान को प्राप्त होकर मुनि सब प्रकार के बन्धनों से मुक्त होता है ॥१७॥ यह आत्मा तीनों अवस्थाओं में भोक्ता, भोग्य और भोग रूप बनता है तो भी सब से विलक्षण साक्षी, चिन्मात्र, नित्य, शिव रूप मैं हूँ ॥१८॥ मुझमें सब की उत्पत्ति स्थिति और लय होती है। यह अद्वय ब्रह्म रूप मैं स्वयं हूँ ॥१९॥ प्रथम खंड समाप्त।

मैं अणु से भी अणु तथा महान् भी मैं हूँ। विचित्र विश्व रूप भी मैं हूँ, मैं ही पुरातन पुरुष, ईश, हिरण्यमय तथा शिव रूप हूँ ॥२०॥ हाथ पैर से रहित आत्मा मैं हूँ। अचिंत्य शक्ति

वाला भी मैं हूँ। नेत्र से रहित होकर भी देखता हूँ। कर्ण से रहित सुनता हूँ, मेरा जानने वाला कोई नहीं है बहुत प्रकार के रूपों को जानने वाला मैं ही ज्ञान स्वरूप हूँ और मैं ही चित् रूप और नित्य रूप हूँ ॥२१॥ अनेक वेद वाक्यों से जानने योग्य मैं ही हूँ। वेदान्त का बनाने वाला और जानने वाला मैं हूँ। मुझ में पुण्य पाप नहीं है। मेरा नाश नहीं है, जन्म नहीं है तथा देह इन्द्रिय और बुद्धि भी नहीं है ॥२२॥ मैं भूमि नहीं हूँ, जल नहीं हूँ, अग्नि नहीं हूँ, वायु और आकाश नहीं हूँ, ऐसे जो जानता है सो कला से रहित अद्वितीय, हृदयाकाश में रहे हुए परमात्मा रूप सर्व के साक्षी रूप, सत् असत् से रहित शुद्ध परमात्मा रूप को प्राप्त होता है।

जो शत रुद्र का पाठ करता है सो अग्नि से, वायु से, शरीर से, सुरापान से, ब्रह्म हत्या से, सुवर्ण की चोरी से, कृत्याकृत्य से पवित्र होता है सो ईश्वर का आश्रय वाला है। इसी कारण हमेशा या प्रतिदिन एक बार सन्यासियों को इस रुद्र का जप करना चाहिए। इस प्रकार करने से ज्ञान की प्राप्ति और संसार का नाश होता है। ज्ञान के बाद कैवल्य परमपद की प्राप्ति होती है ॥२३-२४॥

वेदान्त

Scanned by CamScanner

हंसोपनिषत्।

[३]

गौतम और सनत्कुमार का संवाद।

गौतम ने कहा ! हे सब धर्मों के जानने वाले ! हे सर्व शास्त्रों में कुशल ! हे भगवन् ! ब्रह्मविद्या का ज्ञान किस उपाय से उत्पन्न होता है ॥१॥ सनत्कुमार ने कहा, हे गौतम ! सर्व वेदों के सार को जान के महादेवजी ने जो पार्वतीजी से कहा है वह सर्व हे गौतम ! तू मुझसे सुन ॥२॥ यह सार किसी (अनधिकारी) से कहना योग्य नहीं है और योगी के लिए एक कोश (खजाने) के समान है। हंस यानी आत्मा के स्वरूप का वर्णन करने वाला यह उपनिषत् तथा मोक्षरूपी फल का प्राप्त कराने वाला है ॥३॥

हमको, ब्रह्मचारी, शान्त, जितेन्द्रिय और जो गुरु में भक्ति वाला है उसके आगे हंस तथा परमहंस का निर्णय प्रकट करना योग्य है। यह जीव "हंस हंस" ऐसा ध्यान करता हुआ सर्व देह में व्यापक होकर रहा हुआ है जैसे काष्ठ में अग्नि व्यापक होकर रहा हुआ है तथा तिलों में तेल व्यापक रहा हुआ है इस प्रकार जिसको ज्ञान होता है वह मृत्यु को उल्लंघन करता है।

गुदा का अवरोधन करके आधार चक्र में से वायु को बाहर निकाल कर स्वाधिष्ठान चक्र में तीन प्रदक्षिणा करके, मणि पूरक

को प्राप्त करना ? उस के पीछे अनाहत चक्र का अतिक्रमण (उल्लंघन) करके विशुद्ध चक्र में प्राणों को रोकना चाहिये पीछे आज्ञा चक्र का ध्यान करके ब्रह्म रन्ध्र का ध्यान करना चाहिये ? और त्रिमात्र आत्मा मैं हूँ इस प्रकार ध्यान करने से आधारचक्र से लेकर ब्रह्मरन्ध्र तक नाद होता रहता है वही शुद्ध स्फटिक के समान ब्रह्म परमात्मा है ऐसा कहा जाता है ॥१॥ इस में हंस यह ऋषि है अव्यक्त गायत्री छन्द है परमहंस देवता रूप है अहं यह बीज रूप है, सुशक्ति बीज रूप है, सोहं यह कीलक रूप है। इसी प्रमाण से ऋषि आदि छः संख्या द्वारा एक दिन तथा रात्रि में इक्कीस हजार छः सो वार श्वास लेने में आता है। " सूर्याय सोममा निरञ्जनाय निराभयासाय तनुसूक्ष्म प्रचंदयात् इस अग्निषोमाभ्यां वौषट " ऐसा कह कर हृदयादि अंगन्यास तथा करन्यास करना। न्यास करने के पीछे अष्ट पत्र वाले हृदय कमल में हंसात्मक का ध्यान करना। इस हंस के अग्नि तथा सोम पक्ष रूप हैं ओंकार उसका मस्तक रूप है। विन्दु नेत्र रूप रुद्र मुख रूप रुद्राणी दो चरण रूप, दो बाहु काल रूप तथा अग्नि दो बगल रूप हैं। पश्यन्ति (सगुण ब्रह्म) तथा अनाकार (निर्गुण ब्रह्म) इस श्रेष्ठ के दोनों कांख के नीचे का हिस्सा बगल रूप है ? इस परमहंसका प्रकाश करोड़ सूर्य के समान है इस परम हंस से सर्व व्याप्त हैं। (जब वह हंस हृदय कमल के पृथक् २ भागों पर बैठता है तब) इस की आठ प्रकार की वृत्तियां होती हैं। पूर्व दिशा के पत्र पर बैठता है तब पुण्य में बुद्धि जुड़ती है, आग्नेय दिशा के पत्र पर बैठता है तब निद्रा तथा

Scanned by CamScanner

आलस्य होता है। दक्षिण दिशा के पत्र पर बैठता है तब क्रूर बुद्धि होती है, नैऋत दिशा के पत्र पर बैठता है तब पाप में बुद्धि जाती है, पच्छिम दिशा की पांखडी पर बैठता है तब क्रीड़ा करने की बुद्धि होती है। वायव्य दिशा पर बैठता है तब गमनादि की बुद्धिहोती है। उत्तर दिशा की पांखडी पर बैठता है तब विषय में प्रीति होती है। ईशान पाखंडी पर बैठता है तो द्रव्यादि का लोभ होता है तथा जब मध्य में बैठता है इस लोक तथा परलोक से वैराग्य होता है। जब हंस पद्म के केसर पर जाकर बैठता है तब जाग्रतावस्था आती है। जब पद्म की कर्णिका पर बैठता है तब स्वप्नावस्था होती है तथा जब मध्य प्रदेश में सूक्ष्म भाग में रहता है तब सुषुप्ति अवस्था आती है। जब हंस पद्म का त्याग करता है तब हंस तुरीयावस्था को प्राप्त होता है। जब हंस नाद के विषे लीन होता है तब उसे तुर्यातीत, उन्मन अजयोपसंहार ऐसे नाम से कहने में आता है इस प्रकार से सर्व भाव हंस के वश होता है इसलिये मन में रहे हुए हंस ही चिन्तवन करता है। यह ही हंस जब एक करोड़ जप किये जाते हैं तब नादका अनुभव करता है यह सब हंस के वश में है। नाद दस प्रकार का होता है। १ चिण, २ चिचिणनाद ३ घण्टानाद, ४ शंखनाद, ५ तंत्रीनाद, ६ तालनाद, ७ वेणुनाद, ८ मृदंगनाद ९ भेरीनाद, १० मेघनाद इस प्रकार के नौ नादों को त्याग कर दशवें नाद का अभ्यास करना। प्रथम नाद के अनुभव से गात्र चिनमिनाता है, द्वितीय नाद के अनुभव से गात्र का भंग होता है

तृतीय नाद के अनुभव से प्रस्वेद (पसीना) होता है, चतुर्थ नाद के अनुभव से शिरोकम्प, पंचमनाद के अनुभव से तालु टपकता है, षष्ठनाद के अनुभव से अमृत वृष्टि होती है, सप्तम के अनुभव से गूढ़ विज्ञान होता है, अष्टम के अनुभव से श्रेष्ट वाणी होती है, नवम नाद के अनुभव से अदृश्य विद्या तथा दिव्य नेत्र प्राप्त होते हैं। दशम नाद के अनुभव होने से परब्रह्म भाव प्राप्त होता है तथा ब्रह्मात्मा का साक्षात्कार होता है। मन उसमें (हंस में) लय होता है तथा संकल्प विकल्प का मन में लय होता है पीछे पुण्य तथा पाप का नाश होता है तथा वह हंस सदाशिव रूप से, शक्ति रूप से, सर्वत्र स्थिति कर्ता रूप से, स्वयं ज्योति रूप से, शुद्ध रूप से, बुद्ध रूप से अर्थात् ज्ञान रूप से, नित्य रूप से, माया रहित रूप से तथा शान्त रूप से प्रकाशता है ऐसा वेद वचन है, ऐसा वेद वचन है ॥२॥

योग

Scanned by CamScanner

जाबालोपनिषत् ।

[४]

बृहस्पति ने याज्ञवल्क्य मुनि से पूछा:—प्राणों का स्थान क्या है ? इन्द्रियों का देवयजन क्या है ? तथा सब भूतों का ब्रह्मसदन क्या है ?" "अविमुक्त ही सर्व प्राणों का स्थान, इन्द्रियों का देवयजन रूप तथा प्राणियों का सदन रूप है । इससे कोई भी स्थान जहाँ कोई भी जाय वहाँ यह अविमुक्त ही प्राणों का आश्रय स्थान, देवों का यजन रूप और ब्रह्म का निवास स्थान है ऐसे मानना । जब प्राणी के प्राण का उत्क्रमण होता है तब भगवान् रुद्र तारने वाले ब्रह्म के सम्बन्ध में उपदेश करते हैं जिससे प्राणी अमृत भाव को तथा मोक्ष भाव को प्राप्त होता है । इसलिए अविमुक्त की उपासना करना चाहिए और उसका त्याग कभी भी न करना चाहिए," ऐसे याज्ञवल्क्य मुनि ने कहा ।।१।।

इसके बाद अत्रि मुनि याज्ञवल्क्य से पूछने लगे "इस अनन्त और अव्यक्त आत्मा का ज्ञान किस रीति से हो ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा, "अविमुक्त की उपासना करनी चाहिए क्योंकि अव्यक्त ऐसा आत्मा अविमुक्त में ही रहा हुआ है ।" तब अत्रि ने पूछा, "अविमुक्त किस विषे रहा हुआ है ।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा, "वरणा और नाशी नाम की दो शक्तियों में जीव रहा हुआ है ।" अत्रि ने पूछा "वरणा क्या है और नाशी क्या है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा "जो शक्ति इन्द्रियों के किये हुये दोषों को रोकती है उसे वरणा, ऐसे ही सब इन्द्रियों के किये हुये पापों का जो नाश करती है उसको नाशी कहते हैं" "इस जीव का स्थान कहां है ?" ऐसा अत्रि ने पूछा । याज्ञवल्क्य ने कहा, "दो भ्रकुटी और नासिका के बीच में जो भाग हैं सो अविमुक्त का स्थान है । यह सन्धि ही इस लोक और परलोक दोनों की सन्धि रूप कही जाती है । ब्रह्मज्ञानी सायं प्रातः इस संधि की उपासना करते हैं । अविमुक्त उपासना के योग्य है इस प्रकार उपासना करने से जिसको अपना ज्ञान होता है वह आत्मज्ञान का उपदेश कर सकता है ।।२।।

याज्ञवल्क्य के शिष्यों ने याज्ञवल्क्य से पूछा "किस का जाप करने से अमृतत्व प्राप्त होता है सो कहो ।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा "शत रुद्र का जाप करने से अमृत भाव प्राप्त होता है, रुद्र के नाम अमृत रूप हैं, उन नामों से मृत्यु को अतिक्रमण कर सकते हैं ।" ।।३।।

विदेह देश के राजा जनक एक समय याज्ञवल्क्य के पास आकर कहने लगे "हे भगवान् ! संन्यासाश्रम सम्बन्धी मुझको उपदेश दीजिये ।" याज्ञवल्क्य ने कहा "ब्रह्मचर्यावस्था को समाप्त करके गृहस्थाश्रम का पालन करना, गृहस्थाश्रम को पूर्ण करके वानप्रस्थाश्रम लेना और वानप्रस्थ को पूर्ण करके संन्यस्त दीक्षा लेना अथवा दूसरी रीति से, ब्रह्मचर्य से, गृहस्थाश्रम से अथवा वानप्रस्थ से संन्यास लेना । व्रत से रहित हो या सहित हो,

Scanned by CamScanner

स्नातक (वेद कुशल) हो या न हो, अग्नि का गृहण करके स्त्री के मरने से उसका त्याग करना पड़ा हो अथवा असंस्कार के कारण अग्नि का गृहण न हुआ हो जिस दिन से विराग वृत्ति उत्पन्न हो उस दिनसे ही संन्यास को गृहण करे। "कोई प्रजापति की इष्टि करते हैं परन्तु वह नहीं करनी चाहिये; अग्नि ही की इष्टि करनी चाहिये अग्नि ही निश्चय करके प्राण है, क्योंकि इस इष्टि से अग्नि प्राण को बढ़ाती है। पश्चात् त्रैधातवा इष्टि करना चाहिये। तीन धातु ये इस प्रकार हैं:—सत्व, रज और तम, "हे अग्नि ! यह प्राण तुच्छ कारण रूप है, क्योंकि प्राण से तुम्हारी उत्पत्ति हुई है, तुम प्रकाश को प्राप्त हो, प्राण को जानने वाले हे अग्नि देव ! तुम वृद्धि को प्राप्त हो, और हमारी सम्पत्ति बढ़ाओ।" इस मंत्र से अग्नि को सूंघना। "जो प्राण अग्नि का कारण रूप है उस प्राण में अग्नि देव ! तुम प्रवेश करो" ऐसा कह कर आहुति देना। जो अग्निहोत्र न लिया हो तो उस गांव में जिस के यहाँ अग्नि हो उसके यहां से अग्नि लाकर ऊपर कहे प्रकार से पूज कर सूंघना। गांव में भी अग्नि न प्राप्त हो तो जल में आहुति देना। "जल सब देव रूप है, यह आहुति मैं सब देवों को देता हूँ" ऐसे जल में आहुति देने के बाद उस घृत युक्त पवित्र हवि को लेकर भक्षण करना, मोक्ष मंत्र ही वेद है ऐसा जानना। "यह ब्रह्मरूप है इसकी उपासना करना। हे भगवन् ! यह इस प्रकार है" ऐसा याज्ञवल्क्य ने कहा ॥४॥

इसके बाद अत्रि मुनि याज्ञवल्क्य से पूछने लगे "हे याज्ञवल्क्य ! मैं पूछता हूँ कि यज्ञोपवीत से रहित ब्राह्मण किस प्रकार

कहा जाय ?" याज्ञवल्क्य ने कहा "आत्मा ही इसका यज्ञोपवीत है। जो संन्यासी है उसके लिये वीर मार्ग में आहार त्याग में, जल प्रवेश में, अग्नि प्रवेश में अथवा महाप्रस्थान में यह विधि है।" "संन्यासी गेरुये वस्त्र धारण करके शिखा रहित, परिग्रह रहित शुचि हो और द्रोह रहित होकर भिक्षा वृत्ति करता है वह ब्रह्मको प्राप्त होता है। जो आतुर संन्यास लिया हो तो मन और वाणी से सबका त्याग करना चाहिये। यह मार्ग वेद में प्रसिद्ध है ब्रह्मज्ञानी संन्यासी इसी मार्ग से जाता है। यह ऐसा है ऐसा, भगवन् याज्ञवल्क्य ने कहा ॥५॥

जो परमहंस संन्यासी है उनमें से असंवर्तक, आरुणि, श्वेतकेतु, दुर्वासा, ऋभु, निदाघ, जड़ भरत, दत्तात्रेय और रैवतक आदि परमहंस वर्ण आश्रम के सब चिन्हों से रहित थे। उनके आचार विचार जानने में न आवें ऐसे थे वे उन्मत्त भाव से रहित होकर भी उन्मत्त की समान रहते थे। संन्यासियोंको त्रिदंड, कमंडलु, छींका, जल से शुद्ध ऐसा पात्र, शिखा और यज्ञोपवीत इन सब का 'भु स्वाहा' कर जल में त्याग कर के आत्मा को ढूंढ़ना चाहिये।

संन्यासी दिगम्बर यानी नग्न और सब प्रकार के बंधन से रहित होता है। वह प्रतिगृह का त्याग करता है। वह ब्रह्म मार्ग में भली प्रकार आगे बढ़ा हुआ होता है' शुद्ध मन वाला होता है। वह मुक्त है तो भी प्राण के टिकने के लिये योग्य समय पर

Scanned by CamScanner

उदर रूपी पात्र में आहर डालता है। लोभालोभ में समान दृष्टि वाला होता है। एकान्त स्थान, देव मन्दिर, घास की गंजी, सर्प का विल, वृक्षों का मूल, कुम्हार का घर, अग्निहोत्र वाला मकान नदी रेतिया, पर्वत, गड्ढा, गुफा, भेंटा, छिद्र तथा छोटे छोटे झरणों वाले स्थान में रहने के लिये सब प्रकार के घर से रहित होता है। 'मेरा' यह अभिमान भी उसको नहीं होता है। शुद्ध ज्योति के ध्यान में तत्पर होता है। अध्यात्म ज्ञान में निष्ठा होती है और शुभ अशुभ कर्म के छेदन करने में तत्पर रहता है। इस रीति का संन्यास करके जो अपने देह को त्याग करता है वह परमहंस संन्यासी है ! वह ही परमहंस संन्यासी है !!

नारायणोपनिषत्

[५]

पुरुष रूप नारायण भगवान् ने इच्छा की कि प्रजा उत्पन्न होनी चाहिये। नारायण में से प्राण की उत्पत्ति हुई, मन और सब इन्द्रियां भी उन्हीं में से हुईं। आकाश, वायु, ज्योति, जल और विश्व को धारण करने वाली पृथ्वी नारायण में से हुई। नारायण में से ब्रह्मा, नारायण में से रुद्र, नारायण में से इन्द्र, उसी में से बारह आदित्य, आठ वसु और सब छन्द उत्पन्न हुए। वे सब नारायण में से होते हैं और फिर उसी में लय को प्राप्त होते हैं। इस ऋग्वेद के श्रेष्ठ भाग का विद्वान् अभ्यास करते हैं ॥१॥

नारायण नित्यरूप, ब्रह्मरूप, इन्द्ररूप, कालरूप, दिशारूप, विदिशारूप, ऊर्ध्वरूप, अधोरूप, अन्तर और ब्रह्मरूप, है। जो कोई उत्पन्न हुआ है और जो कोई उत्पन्न होगा वह सब नारायण रूप है। यह नारायण कलंक से रहित, माया से रहित, विकल्प से रहित, वर्ण से रहित, शुद्धदेव रूप और एक है। इन नारायण के विषे द्वैतभाव नहीं होता। जो इस प्रकार जानता है सो विष्णु रूप होता है, सो विष्णु होता है। विद्वान यजुर्वेद के इस श्रेष्ठ भागका अध्ययन करते हैं ॥२॥

Scanned by CamScanner

प्रथम भाग में ॐ उच्चारण करना पीछे नमः मन्त्र का उच्चारण करना, और अंत में नारायण का उच्चारण करना। ॐकार में एक अक्षर है, नमः इसमें दो अक्षर हैं, और नारायणाय इसमें पांच अक्षर हैं। जो नारायण के आठ अक्षर वाले पद का जाप करता है, सो ध्यान करने वाला अकाल मृत्यु से रहित पूरी आयु को प्राप्त होता है। वह प्रजा को, लक्ष्मी को और पशु को प्राप्त करता है, पीछे अमृत भाव को प्राप्त होता है, सो अमृत भाव को प्राप्त होता है इस सामवेद के मुख्य भाग का जो अध्ययन करता है ॥३॥

अकार, उकार और मकार यह प्रत्येक् आनन्द रूप, ब्रह्म-पुरुषरूप और प्रणव रूप है। सो मात्रा अनेक प्रकार से सम हैं, यह ॐकार करके कहने में आता है; जिसको उच्चारण करने से योगी लोग जन्म मरण संसार के बंधन से मुक्त होते हैं। ॐनमो नारायणाय इस प्रकार के मन्त्र की उपासना करने वाला वैकुण्ठ लोक में जाता है। हृदय कमल विज्ञान घन रूप है, उससे विद्युत् प्रकाशित है, ब्रह्मण्य को देवकीपुत्र, मधुसूदन, पुण्डरीकाक्ष और विष्णु कहने में आता है। वह सब प्राणी मात्र में रहा हुआ है, वह एक नारायण रूप है, कारण पुरुष रूप, कारण भाव से रहित और परब्रह्म रूप है। इस अथर्व वेद के मुख्य भाग का अध्ययन करना ॥४॥

प्रातःकाल में इसका अध्ययन करने से रात्रि में किया हुआ पाप नाश होता है। सायंकाल को इसका जाप करने से दिन में किये हुये पाप का नाश होता है। जो सायंकाल और प्रातःकाल इसका पठन करता है वाह पापी होय तो भी पवित्र होता है। मध्याह्न में सूर्य के सामने इसका पाठ करे तो पंच महापातकों और उपपातकों से मुक्त होता है। सब वेद के पारायण का फल उसको मिलता है, और उसको नारायण का साक्षात्कार होता है। जो इस प्रकार जानता है उसको नारायण का साक्षात्कार होता है ॥५॥

वेदान्त

Scanned by CamScanner

परमहंसोपनिषत् ।

[६]

"जिसने परमहंस दीक्षा ली है ऐसे योगी का मार्ग किस प्रकार का है और उसकी स्थिति किस प्रकार की होती है ?" इस प्रकार नारद मुनि ने भगवान् ब्रह्मा के पास जाकर कहा तब भगवान् ब्रह्मा मुनि से कहने लगे "परमहंस संन्यासियों का मार्ग इस लोक में अत्यन्त दुर्लभ है। ऐसे परमहंस बहुत नहीं हैं, एकाद परमहंस संन्यासी होता है। वह नित्यकूटस्थ भाव में टिका हुआ रहता है वही वेद पुरुष रूप है, ऐसा विद्वान लोग मानते हैं। ऐसे महापुरुष का चित्त मुझ में रहता है इसलिये मैं उसमें स्थिति करके रहता हूँ। इस रीति से मानने वाला संन्यासी अपना पुत्र, मित्र, स्त्री और बांधव आदिक का तथा शिखा और यज्ञोपवीत का, याग का, सूत्र का, स्वाध्याय का और सब कर्मों का त्याग कर, तथा इस ब्रह्माण्ड का त्याग करके कौपीन, दण्ड और चद्दर अपने शरीर के भोग के लिए और लोगों के कल्याण के लिये धारण करना; परन्तु यह संन्यास दीक्षा मुख्य नहीं है।" तब मुख्य संन्यास दीक्षा किस प्रकार की है ? उसके विषे कहा है "दंड, कमंडल, शिखा, यज्ञोपवीत और चद्दर नहीं रखना, ऐसा धर्म परम दीक्षा लेने वाला आचरता है। वह शीत, उष्ण, सुख, दुःख, मान, अपमान इन छः ऊर्मी से रहित होता है तिस में शब्द स्पर्श रूप रस और मन भी नहीं रहता, इसी प्रकार

निन्दा गर्व, मत्सर, दंभ, दर्प, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, काम, क्रोध, लोभ, मोह, हर्ष, असूया और अहङ्कारादि को त्यागकर अपने शरीर को मृतक समान देखता है, क्योंकि उसके छिन्न भिन्न हुए संशय और मिथ्या ज्ञान के कारण (अविद्या) का समूल नाश हो गया है। वह नित्य ज्ञान रूप है, वह स्वयं स्थिति रूप है अर्थात् प्रत्येक आश्रय रहित होता है। मैं स्वयं शांत अचल, अद्वयानन्द और विज्ञान घन रूप हूँ ऐसे वह मानता है, वही अद्वय ब्रह्म मेरा परम धाम है, वही मेरी शिखा और यज्ञोपवीत है। परमात्मा और आत्मा के ऐक्यज्ञान से उसको भेद भाव नहीं रहता, उसकी वही संध्या है, वह सब कामनाओं का त्याग करके परम अद्वैत ब्रह्म में स्थित है। जिस परमहंस ने ऐसा ज्ञान रूप दण्ड धारण किया है उसको एक दण्डी कहते हैं ! जिसने काष्ठ का दण्ड ग्रहण किया है जिसके सर्व आशा भरी हैं, जिसको ज्ञान नहीं है, क्षमा, ज्ञान, वैराग्य, और शमादि गुणों से रहित है और भिक्षा मात्र से जीता है सो पापी यति वृत्ति का नाश करने वाला है और महा रौरव नर्क में पड़ता है। इस प्रकार के भेद को जानने वाले परमहंस संन्यासी को आकाश वस्त्र रूप होता है, वह नमस्कार स्वाहाकार, निन्दा और स्तुति से रहित होता है, भिक्षा करने वाला सो यति इच्छानुसार विचरता है, जिसको आवाहन, विसर्जन, मन्त्र, ध्यान, उपासना, लक्ष्य, अलक्ष्य, भिन्न भाव, समान भाव, सत्य भाव, या सर्व भाव कुछ भी नहीं होता; उसके रहने का स्थान नहीं होता, वह स्थिर बुद्धि

Scanned by CamScanner

वाला होता है। इस प्रकार भिक्षा मात्र करने वाला यति सुवर्ण अलङ्कार इत्यादि का कभी भी संग्रह न करे। उसको कुछ देखने योग्य नहीं होता उसको कुछ सुन्दर नहीं लगता। उसे कौन वस्तु बाधक होती हैं? बाधक यह है:—जो भिक्षा वृत्ति वाला—यति सुवर्ण को प्रीति से स्पर्श करे तो उसको ब्रह्म हत्या का पाप लगता है। जो वह भिक्षु प्रीति से सुवर्ण का स्पर्श करे तो चाण्डाल से भी नीच होता है और जो सुवर्ण को प्रीति से ग्रहण करे तो आत्मघाती है इसलिए परमहंस सुवर्ण को प्रीति से देखता नहीं, स्पर्श करता नहीं, और ग्रहण करता नहीं। उसके मन में रहने वाली कामनायें नष्ट हो जाती हैं। दुःख से उसको उद्वेग नहीं होता, सुख में उसको स्पृहा नहीं होती, वह प्रीति का त्याग कर देता है, शुभ और अशुभ किसी में उसको स्नेह नहीं होता, वह किसी से द्वेष नहीं करता, तथा कभी हर्ष को प्राप्त नहीं होता। उसकी सब इन्द्रियां उपराम को प्राप्त हो जाती हैं। वह अपने आत्मा में ही स्थिति करके रहता है। जो ब्रह्म पूर्ण आनन्द रूप, अद्वितीय रूप है सो मैं स्वयम् हूँ, इस प्रकार मानने वाला कृत कृत्य होता है, सो ही कृत कृत्य होता है।

संन्यास

ब्रह्मोपनिषत्।

[७]

पुरुष के चार स्थान हैं:—नाभी, हृदय, कण्ठ और मस्तक। चारों स्थानों में चार पाद वाला ब्रह्म प्रकाशता है। जाग्रत अवस्था में ब्रह्मारूप है, स्वप्न अवस्था में विष्णुरूप है, सुषुप्ति अवस्था में रुद्र रूप है और तुर्यावस्था में अक्षर रूप है वह आदित्य विष्णु और ईश्वर है। वह स्वयं रूप अमन रूप, श्रोत्र, हाथ और पाद से रहित ज्योति रूप और ज्ञान रूप है। जहाँ लोक अलोक, देव अदेव, वेद अवेद, यज्ञ अयज्ञ, माता अमाता, पिता अपिता, वधू अवधू, चांडाल अचांडाल, पौल्कस (एक प्रकार की जाति) अपौल्कस, श्रमणः अश्रमणः और तापस अतापस रूप होजाते हैं यही एक रूप, परब्रह्म प्रकाश रूप और निर्वाण रूप से प्रकाशता है। उसमें देव ऋषि और पित्रों की कुछ श्रेष्ठता नहीं है वह ज्ञेय और ज्ञानरूप है।

सब देव हृदय में रहे हुए हैं हृदय में प्राण रहा हुआ है और इसी प्रकार हृदय में ज्योति रही हुई है। यही तीन लड़ों वाला यज्ञोपवीत है और वह हृदय में अर्थात् चैतन्य में रहता है। हे यज्ञोपवीत तू यज्ञ रूप भगवान की सूचना करने वाला, परमपवित्र प्रजापति के साथ उत्पन्न हुआ प्रथम रूप आयुष्य रूप श्वेत और श्रेष्ठ है। हे शिष्य! भगवन् को दिखलाने वाले उस यज्ञोपवीत को धारण कर वह तुझ में बल की और तेज की वृद्धि करे।

Scanned by CamScanner

के ज्ञान होने के पीछे अधिकारी जन्म मरण के चक्कर से निवृत्त होता है। जैसे दूध में घी गुप्त रहता है वैसे आत्मा सब में रहता है। आत्मज्ञान ही सब तप का कारण रूप है और ब्रह्म को जानने वाला है।

वेदान्त

गर्भोपनिषत्

[८]

यह पंचात्मक शरीर पांच के विषे रहता है छः का आश्रय रूप और छः गुणों के योग वाला है, सात धातु वाला है, तीन मल वाला है, दो योनि वाला है, चार प्रकार के भोजनों वाला है।

प्रश्नः—यह शरीर पंचात्मक किस प्रकार है ?

उत्तरः—यह शरीर पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश इन पंच महाभूतों से बना हुआ है।

प्रश्नः—इस पंच भूतात्मक शरीर में पृथ्वी का जल का तेज का वायु का और आकाश का कौन कौन भाग है ?

उत्तरः—शरीर में जो कठिन भाग है वह पृथ्वी, द्रव भाग है वह जल, उष्ण भाग है वह तेज, गति वाला भाग वायु और पोल का भाग आकाश है। पृथ्वी का गुण धारण करना, जल का गुण सब को एकत्र करना, तेज का गुण प्रकाश करना, वायु का गुण वहन करना और आकाश का गुण अवकाश (जगह) देना है। कर्ण का विषय शब्द, त्वचा (चमड़ी) का विषय स्पर्श, चक्षु का विषय रूप, जिह्वा का विषय स्वाद, नासिका का विषय गन्ध, उपस्थेन्द्रिय का विषय आनन्द, गुदा का विषय मल त्याग है। बुद्धि का विषय ज्ञान, मन का विषय संकल्प करना, वाणी का विषय बोलना है।

Scanned by CamScanner

प्रश्नः—शरीर छः का आश्रय रूप कहाता है सो क्या है ?

उत्तरः—मीठा, खट्टा, खारा, कड़वा, तीखा और कषाय रस को प्राप्त करता है। षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत निषाद, इष्ट, अनिष्ट और प्राणिधान ये दश प्रकार के शब्द गुण हैं। शुक्ल, रक्त, कृष्ण, धूम्र, पीत, कपिल और पांडर ॥१॥

प्रश्नः—शरीर सप्त धातु वाला किस कारण कहाता है ?

उत्तरः—देवदत्तादि अमुक मनुष्य के द्रव्यादि विषय इस प्रकार उत्पन्न होते हैं, एक दूसरे की अनुकूलता के कारण, रस छः प्रकार का होता है, रस में से रुधिर, रुधिर में से मांस, मास में से मेद, मेद में से स्नायु, स्नायु में से हड्डी, हड्डी में से मज्जा, मज्जा में से शुक्र की उत्पत्ति होती है। पुरुष का वीर्य और स्त्री का रुधिर दोनों का संयोग होता है तब गर्भ होता है। सो हृदय में इस प्रकार की व्यवस्था करता है:—अग्निस्थान में जठराग्नि को रखता है, पित्त के स्थान में पित्त को रखता है, वायु, वायु में से और हृदय प्रजापति में से क्रम से होता है ॥२॥

ऋतुकाल में संगम होने से प्रथम रात्रि में गर्भ कलल रूप बनता है, सात रात्रि में बुदबुदा रूप होता है अर्ध मास के भीतर पिंड रूप होता है, एक मास में कठिन दूसरे मास में शिर की उत्पत्ति, तीसरे मास में पैर के भाग की उत्पत्ति होती है चौथे मास में उस गर्भ में गुल्फ, जठर और कटि प्रदेश होता है, पांचवें मास में पीठ, छटे मास में मुख, नासिका, चक्षु और कर्ण होते हैं, सातवें मास में जीव से युक्त होता है, आठवें मास में गर्भ

सर्व लक्षणों से पूर्ण होता है। पिता का वीर्य माता के रज से प्रमाण में विशेष हो तो पुत्र की उत्पत्ति होती है और माता का रज पिता के वीर्य से प्रमाण में विशेष हो तो पुत्री की उत्पत्ति होती है, और जो दोनों का प्रमाण समान हो तो नपुंसक होता है। संयोग समय पर जो मन व्याकुल हो तो संतान अंध, खंडित, कुबड़ी और वामन (नाटी) होती है। स्त्री पुरुष की अपान वायु के दोष से शुक्र के दो भाग हों तो दो की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार गर्भ, पंचात्मक के योग्य होता है, मन से पंच भूतात्मक को प्राप्त हुई बुद्धि, गंध रसादिक का ज्ञान कर के अक्षर से भी अक्षर ऐसे ओंकार का चिन्तन करती है, इस प्रकार एकाक्षर का ज्ञान होने के पश्चात् उस गर्भ के देह की आठ प्रकृति और सोलह विकार होते हैं, तत् पश्चात् उसकी माता जो कुछ खाती पीती है उससे नाड़ी के सूत्र से गर्भ के प्राण का रक्षण होता है। यह गर्भ नव मास में सब लक्षण और ज्ञानेन्द्रियों से पूर्ण होता है, उसको अपनी पूर्व जाति का स्मरण होता है, वह अपने शुभाशुभ कर्म को जानता है ॥३॥

"मैंने पूर्व हजारों योनियों में प्रवेश किया और मैंने अनेक प्रकार के भोग भोगे तथा मैंने अनेक प्रकार के स्तन पान किये। मैं बारम्बार जन्म को प्राप्त हुआ, बारम्बार मृत्यु को प्राप्त हुआ; मैंने कुटुम्ब के कारण जो कुछ शुभाशुभ कर्म किये उससे मैं अकेला ही दुःख भोगता हूँ, मेरे कर्म करने से जो सुख को भोगते

Scanned by CamScanner

थे वे मुझको अकेला छोड़कर चले गये। मैं दुःख रूप महान् समुद्र में डूबा हुआ हूँ, इसको तर जाने का उपाय मैं नहीं देखता हूँ। जब मैं इस योनि से बाहर निकलूँगा तब मैं महेश्वर की शरण में जाऊँगा, जब मैं इस योनि से बाहर निकलूंगा तब में अशुभ कर्म के क्षय करने वाले, फल और मुक्ति के देने वाले नारायण भगवान् के शरण में जाऊँगा। जब मैं इस योनि से मुक्त होऊंगा तब मैं अशुभ का क्षय करने वाले और मुक्ति फल के देने साँख्य शास्त्र और योग का अभ्यास करूँगा, और सनातन परब्रह्म का ध्यान करूंगा, तत्व ज्ञान को प्राप्त करूंगा।" छोटे स्थान में सुकड़ कर रहा हुआ अत्यंन्त दुःख से दुखी जब योनि द्वार के पास आता है तब उसको वैष्णव वायु का स्पर्श होता है, इस कारण उसको जन्म मरण का स्मरण नहीं रहता और शुभाशुभ कर्म को नहीं जानता ॥४॥

प्रश्नः—इस देह को शरीर कहने का क्या कारण है ?

उत्तरः—इसका यह कारण है कि अग्नि इस देह का आश्रय करके रहा हुआ है, यह अग्नि तीन प्रकार का है:—ज्ञानाग्नि, दर्शनाग्नि और कोष्ठाग्नि अन्न, पान, लेह्य और चोष्य का पाचन करता है, दर्शनाग्नि रूप का दर्शन करता है और ज्ञानाग्नि शुभाशुभ कर्म जानता है। इन तीनों अग्नियों के भिन्न भिन्न स्थान हैं, मुख विषे आहवनीय अग्नि है, उदर में गार्हपत्याग्नि है और हृदय में दक्षिणाग्नि है।

आत्मा यजमान रूप है, मन ब्रह्मा रूप है, लोभादि पशु रूप है, दीक्षा धति और सन्तोष रूप है यज्ञ का पात्र रूप बुद्धि और इन्द्रियां हैं, कर्मेन्द्रियाँ यज्ञ का हवि रूप हैं; शिर यज्ञ का कपाल रूप है, केश यज्ञ का दर्भ रूप हैं, मुख अन्तर वेदी है! चार कपाल का माप वाला मस्तक है, बाजू में सोलह दंतपंक्ति हैं, एकसौ सात मर्म हैं, एक सौ अस्सी सन्धि हैं, एक सौ नौ स्नायु हैं, सात सौ शिरा हैं, पांच सौ मज्जा हैं, तीन सौ आठ हड्डियां हैं, साढ़े तीन करोड़ रुवां हैं, आठ पल का माप वाला हृदय है, बारह पल की माप वाली जीभ है, एक प्रस्थ पित्त है, एक आढ़क कफ है, एक कुड़व शुक्र है, दो प्रस्थ मेद है और मल मूत्र और आहार का नियम नहीं है। यह पिप्पलाद मुनि का कहा हुआ मोक्ष शास्त्र है पिप्पलाद का कहा हुआ मोक्ष शास्त्र है।

वेदान्त

Scanned by CamScanner

निरालंब उपनिषत्।

[६]

शिव गुरु सच्चिदानन्द मूर्ति निष्प्रपंच शांत, अधिष्ठान रहित तेज को नमस्कार है। जो निरालम्ब का आश्रय करके अवलम्बन सहित का त्याग करता है, वह सन्यासी और योगी है, वह ही परमपद को प्राप्त करता है। अज्ञानी जीवों के दुःख की शांति के लिए जो ज्ञान कहने योग्य है उसको मैं प्रश्नोत्तर रूप से वर्णन करता हूँ।

"ब्रह्म क्या है? ईश्वर किसको कहें? जीव, प्रकृति, परमात्मा ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र, यम, सूर्य, चन्द्र, सुर, असुर, पिशाच, मनुष्य, स्त्री, पश्वादि, स्थावर, ब्राह्मणादि जाति, कर्म, अकर्म, ज्ञान, अज्ञान, सुख, दुःख, स्वर्ग, नरक, बन्ध, मोक्ष, उपास्य, शिष्य, विद्वान, मूढ़, आसुर, तप, परमपद, ग्राह्य, अग्राह्य और सन्यासी किसे कहें?" तब ब्रह्मा ने कहा—

ब्रह्म—महत्, अहङ्कार, पृथ्वी, अप, तेज, वायु और आकाशादि बड़े अण्डे के समान तथा कर्म और ज्ञान से जिसका भास होता है, जो अद्वितीय है, अखिल उपाधि से रहित है, सब शक्तियों से आवृत है; अनादि, अनन्त, शुद्ध, शिव, शांत और निर्गुण होने से जो अनिर्वाच्य चैतन्य है सो ब्रह्म है।

ईश्वर—ब्रह्म प्रकृति नाम की अपनी शक्ति का आश्रय करके लोकों को उत्पन्न करके अन्तर्यामीपने से प्रवेश करता है और ब्रह्मादिक की बुद्धि और इन्द्रियों का नियामक होने से उसको ईश्वर कहते हैं।

जीव—ब्रह्मा, विष्णु, शिव और इन्द्र आदि नाम रूप के कारण मैं स्थूल रूप हूँ, इस प्रकार के मिथ्या अध्यास से जीव बनता है। यद्यपि मैं जीव एक हूँ तो भी अनेक देहों के भेद से जीव अनेक रूप से भासता है।

प्रकृति—ब्रह्म में से उत्पन्न हुए, विविध, विचित्र जगत् को निर्माण करने वाली बुद्धि रूप जो ब्रह्म की शक्ति है उसको प्रकृति कहते हैं।

परमात्मा—देहादि के श्रेष्ठपने से ब्रह्म ही परमात्मा रूप से, ब्रह्मा रूप से, विष्णु रूप से, इन्द्र रूप से, यम रूप से, चन्द्र, सुर, असुर, पिशाच, मनुष्य, स्त्री, पश्वादि, स्थावर और ब्राह्मणादि रूप से है। सब मात्र ब्रह्म है। उसमें किसी प्रकार विविध भेद नहीं है।

जाति—चर्म, रक्त, मांस, अस्थि और जाति आत्मा की नहीं है। ये व्यवहार में कल्पना किए हुए है।

कर्म—क्रियमाण इन्द्रियों से मैं इस कर्म को करता हूँ, इस प्रकार अध्यात्म निष्ठा से जो कर्म किये जाते हैं, उसको कर्म कहते हैं।

Scanned by CamScanner

अकर्म—कर्तृत्व, भोक्तृत्व, आदि अहङ्कार से बन्ध रूप जन्मादि का जो कारण है और नित्य नैमित्तिक याग, व्रत तप और दान में फल के साथ जोड़ता है यह अकर्म है।

ज्ञान—देह इन्द्रियों के निग्रह से, सद्गुरु की उपासना से तथा श्रवण, मनन और निदिध्यासन से जो दृग और दृश्य स्वरूप से है, जो सर्वान्तर रूप से रहता है, सबको समान रूप से है, जो घट पटादि के पदार्थ के विकारों में अविकारी समान रूप से जो कुछ चैतन्य है उसके सिवाय कुछ भी नहीं है इस प्रकार के साक्षात्कार के अनुभव को ज्ञान कहते हैं।

अज्ञान—रज्जु में सर्प की भ्रांति के समान अद्वितीय सब में ओत प्रोत और सर्वमय ब्रह्म में देव, पक्षी, नर, स्थावर, स्त्री, पुरुष, वर्णाश्रम और बन्ध मोक्ष रूप उपाधि से ज्ञान की जो अनेक रूप से कल्पना करने में आती है सो अज्ञान है।

स्वर्गादि—सच्चिदानन्द स्वरूप का ज्ञान होने के पश्चात् आनन्द रूप जो स्थिति है सो सुख है। अनात्म रूप विषय का जो संकल्प है सो दुःख है।,सन्तों का समागम सो स्वर्ग है। अनात्म रूप संसार का और विषयी जनों का जो संसर्ग है सो नरक है।

बंध—'अनादि अविद्या की वासना के कारण मैं जन्मा हूँ' इत्यादि संकल्प सो बन्ध है। माता, पिता, मित्र, स्त्री, लड़के गृह

बगीचा, क्षेत्रादिक में ममता से संसार का आवरण रूप संकल्प सो बंध हैं। कर्तापने में अहङ्कार का संकल्प बंध है। अणिमादि अष्ट ऐश्वर्य की आशा की सिद्धि का संकल्प बंध है। देव और मनुष्यादिक की उपासना वाला काम संकल्प सो बंध है। यमादि अष्टांग योग का संकल्प सो बन्ध है। वर्णाश्रम धर्म कर्म का संकल्प सो बंध है। आशा भय और संशय ये गुण आत्माके हैं ऐसा जानना यह बंध है। याग, व्रत, तप, दान, विधि और विधान के ज्ञान का संभव सो बंध है। मात्र मोक्ष की इच्छा का संकल्प हो सो भी बंध है। संकल्प मात्र की उत्पत्ति ही बंध है।

मोक्ष—नित्य और अनित्य वस्तु के विचार से अनित्य संसार के सुख दुःख विषय में और सब क्षेत्रों में रहने वाली ममता रूप बंधन का नाश सो मोक्ष है।

उपास्य आदि—सब शरीरों में रहने वाले चैतन्य ब्रह्म की प्राप्ति कराने वाला गुरु उपास्य है। विद्या से नाश हुए, प्रपंच के कारण संस्कार वाला ज्ञानावशेष रूप ब्रह्म ही शिष्य है। सब के भीतर जो रहता है सो अपना चैतन्य स्वरूप है ऐसा जो जानने वाला है सो विद्वान् है। कर्तृत्वादि अहं भाव में जो रहता है सो मूढ़ है ब्रह्मा विष्णु, ईशान, इन्द्रादिक के ऐश्वर्य की इच्छा से जो उपवास, जप, अग्निहोत्रादिक कर के आत्मा को संताप देने वाला है तथा अत्युग्र राग द्वेष, हिंसा और दंभादिक से युक्त जो तप है सो आसुर तप है। ब्रह्म सत्य

Scanned by CamScanner

रूप है, जगत् मिथ्या रूप है इस प्रकार के अपरोक्ष ज्ञानाग्नि से ब्रह्मा आदिक ऐश्वर्य की आशा से युक्त बीज रूप संकल्प की उत्पत्ति का जो संताप सो तप है। प्राणेन्द्रियादि अन्तःकरण के गुणों से परे सच्चिदानन्दमय नित्य मुक्त जो ब्रह्म स्थान सो परम पद है। देश, काल और वस्तु के परिच्छेद से रहित जो चिन्मात्र स्वरूप सो ग्राह्य स्वस्वरूप है। स्वस्वरूप से अतिरिक्त मायामय बुद्धि इन्द्रिय का विषय रूप जगत् का सत्य रूप से जो चिंतवन है सो अग्राह्य है। सब धर्मो का त्याग करके ममता और अहङ्कार से रहित होकर ब्रह्मके शरण में जाना, तत्वमसि, अहं ब्रह्मास्मि, सर्वखल्विदं ब्रह्म, नेह नानास्ति किंचनः इत्यादि महा वाक्यों के अनुभव वाले ज्ञान से "मैं ही ब्रह्म रूप हूँ" इस प्रकार के निश्चय होने के पश्चात् निर्विकल्प समाधि से स्वतन्त्र जो यति विचरता है वह ही सन्यासी, मुक्त, पूज्यः योगी परमहंस, अवधूत और ब्राह्मण है। जो गुरु के अनुग्रह से इस निरालंब उपनिषत् का अध्ययन करता है वह अग्नि से व वायु से पवित्र होता है उसको पुनरावृत्ति नहीं होती उसकी पुनरावृत्ति नहीं होती। फिर जन्म नही लेता पुनः उत्पन्न नहीं होता।

वेदान्त

क्षुरिका उपनिषत्

[१०]

क्षुरिका अर्थात् छुरी के समान संसार को काटने वाली धारणा का योग की सिद्धि के लिये व्याख्यान करता हूँ। इस धारणा की प्राप्ति के पश्चात् योगी का पुनर्जन्म नहीं होता ॥१॥ वेद तत्व के अर्थ की विधि के अनुसार जैसा ब्रह्मा ने कहा है एकान्त देश में आसन लगा कर बैठे ॥२॥ जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है तैसे मन को हृदय में संकोच करके बारह मात्रा से प्रणव युक्त पूरक करके सब शरीर धीरे धीरे ॥३॥ पूर्ण करे और सब द्वारों को बन्द करले। छाती, मुख, ग्रीवा और हृदय को किंचित् ऊंचा रक्खे ॥४॥ नासिका के मध्य भाग में रहने वाले प्राण को हृदय में धारण करे, वहां रहने वाले प्राण को धीरे से उत्सर्ग करे ॥५॥ स्थिरता से अंगुष्ट से आरम्भ करके दो गुल्फों के भाग में जंघाओं में तीन तीन ॥६॥ दो जानुओं में दो उरुमें गुदा और शिश्न इन में तीन तीन समाहार करके वायु का स्थान जो नाभि प्रदेश है, उसमें आश्रय करे ॥७॥ इस नाभि प्रदेश में सुषुम्ना नाड़ी अनेक नाड़ियों से आवृत है। अणु, रक्त, पीत, कृष्ण, ताम्र, विलोहित अनेक नाड़ियां हैं ॥८॥ परन्तु अत्यन्त सूक्ष्म शुक्ल विस्तार वाली नाड़ी का आश्रय करे। जैसे मकड़ी तंतु का विस्तार

Scanned by CamScanner

करती है तैसे योगी को प्राण का संचार करना चाहिये ॥९॥ उस स्थान पर रक्तोत्पल के समान महा पुरुषायतन—पुरुष का स्थान है इसको वेदान्त में दहर अर्थात् पुण्डरीक कहते हैं ॥१०॥ उसको भेदन करके प्राण कंठ में ले जावे । निर्मल बुद्धि रूप तीक्ष्ण खड्ग को ग्रहण करे ॥११॥ पग के ऊपर के भाग में रहने वाले सब मर्मों का छेदन करे तीक्ष्ण दृढ़ मन से सर्वदा योग का आश्रय करे ॥१२॥ मर्म और जंघा का जो छेदन है उसके इन्द्रवज्र कहते हैं । उसको ध्यान के बल वाली योग की धारणा से छेदन करना चाहिये ॥१३॥ उरु के नव्य भाग में प्राण की स्थापना करे और मर्म स्थानों में से प्राण का विसर्जन करे; इन चार रीति के योग के अभ्यास से सब ग्रन्थियोंका निर्भयतासे छेदन करे ॥१४॥ योगी कंठ प्रदेशमें नाड़ी समूह को इकट्ठा करता है, सब नाड़ियोंमें एक सौ एक नाड़ी उत्तम हैं ॥१५॥ सुषुम्ना नाड़ी पर (परब्रह्म) में लीन होती है यह विशुद्ध नाड़ी ब्रह्म रूपिणी है । वाम में इड़ा नाड़ी रहती है और पिंगला दक्षिण में रहती है ॥१६॥ इन दोनों नाड़ियों के मध्य में जो स्थान है, उसको जो जानता है सो आत्म ज्ञानी है । सूक्ष्म नाड़ियों का विस्तार बहत्तर हजार का है ॥१७॥ ध्यान से सब नाड़ियों का छेदन होता है परन्तु सुषुम्ना का छेदन नहीं होता । योग रूपी निर्मल धार वाले और अग्नि के तेज वाले खड्ग द्वारा ॥१८॥ समाधि की प्रभा से योगी इस जन्म में ही सौ नाड़ियों का छेदन करता है । जैसे मालती पुष्पों के योग से पुष्प की वास तेल में आती है ॥१९॥ इस

रीति से शुभाशुभ से विस्तार वाली सुषुम्ना नाड़ी का ध्यान करे इससे पुनर्जन्म का नाश होता है ॥२०॥ जिसने तप से चित्त को जीत लिया है, ऐसा पुरुष एकांत का आश्रय करके और अपेक्षा से रहित होकर निस्संग रूप योग के तत्त्व का जानने वाला धीरे धीरे ॥२१॥ पाश का छेदन करके जिस प्रकार हंस शंका रहित होकर आकाश में उड़ जाता है इसी प्रकार यह जीव पाश का त्याग करके संसार को तर जाता है ॥२२॥ जैसे दीपक सबको भस्म करके लय को प्राप्त होता है वैसे ही योगी सब कर्मों का दहन करके लय को प्राप्त होता है ॥२३॥ योगवान् उत्कृष्ट प्राणायाम से दृढ़ किये हुए वैराग्य रूप पत्थर से घिसे हुए मात्रा के आधार रूप मन से बंध का नाश करके मोक्ष को प्राप्त होता है ॥ २४ ॥ जब कामनाओं से मुक्त होता है तब अमृतपने को प्राप्त होता है । सब ईषणाओं से मुक्त होकर तंतु का छेदन करके बंधन को प्राप्त नहीं होता ॥२५॥

योग

Scanned by CamScanner

सर्वसारोपनिषत् ।

[११]

बंध किस प्रकार है ? मोक्ष किस प्रकार है ? विद्या किसको कहते हैं ? अविद्या किसको कहते हैं ? जाग्रत, स्वप्न सुषुप्ति और तुरीयावस्था कैसे होती है ? अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय क्या हैं ? कर्ता, जीव, पंच वर्ग, क्षेत्रज्ञ, साक्षी, कूटस्थ और अंतर्यामी क्या हैं ? प्रत्यगात्मा, परात्मा और माया किसको कहते हैं ?

बंध——देहादिक अनात्म में जीव का जो आत्मपने का अभिमान है सो बंध है ।

मोक्ष——अभिमान का नाश सो मोक्ष है ।

अविद्या——जो अभिमान कराती है वह अविद्या है ।

विद्या——जिससे अभिमान निवृत्त होता है वह विद्या है ।

जाग्रत——आदित्य से अधिष्ठित मन आदि चौदह इन्द्रियों से शब्दादिक स्थूल विषयों की जब प्राप्ति होती है तब आत्मा की जाग्रत अवस्था होती है ।

स्वप्न——शब्दादिक का अभाव होते हुए भी जब वासना सहित चौदह इन्द्रियों से वासनामय शब्दादिक की जब प्राप्ति होती है तब आत्मा की स्वप्नावस्था है ।

सुषुप्ति—जब चौदह इन्द्रियां विराम को प्राप्त हो जाती हैं और विशेष ज्ञान के अभाव के पश्चात् जब शब्दादिक की प्राप्ति नहीं होती तब आत्मा की सुषुप्ति अवस्था होती है ।

तुरीया—तीनों अवस्थाओं के भावाभाव का साक्षी, स्वयं भाव से रहित, जब निरन्तर चैतन्य रूप होता है तब तुरीय-चैतन्य कहलाता है !

अन्नमय——अन्न के कार्य रूप कोशों का समूह अन्नमय कोश कहा जाता है ।

प्राणमय——अन्नमय कोश में जब प्राणादि चौदह वायु रहते हैं तब वह प्राणमय कोश कहलाता है ।

मनोमय——जब इन दोनों कोशों से युक्त (होकर) आत्मा मन आदि चौदह इन्द्रियों से शब्दादि विषयों को और संकल्पादि धर्मों को ग्रहण करता है तब मनोमय कोश कहलाता है ।

विज्ञानमय——जब आत्मा ऊपर के तीन कोश युक्त उनमें रहने वाले विशेष भावों को जानता है तब विज्ञानमय कोश कहलाता है ।

आनन्दमय——जैसे वट के बीज में वट वृक्ष रहता है ऐसे जब आत्मा इन चार कोशों से युक्त और स्वकारण के अज्ञान में अर्थात् अव्यक्तपने में होता है तब आनन्दमय कोश कहलाता है ।

Scanned by CamScanner

कर्ता———जब अन्तःकरण सुख दुःख बुद्धि का आश्रय वाला होता है तब (अंतः) कर्ता कहलाता है। जब इष्ट विषय में बुद्धि होती है तब सुख कहलाता है और जब अनिष्ट विषय में बुद्धि होती है तब दुःख कहलाता है। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध ये सुख दुःख के हेतु हैं।

जीव———कर्म के अनुसार पुण्य पाप से शरीर को प्राप्त होता है तो भी शरीर प्राप्त न हुआ हो ऐसा जब जाना जाय तब वह उपाधि युक्त जीव कहलाता है।

पंच वर्ग———मनादि, प्राणादि, इच्छा आदि, सत्व आदि और पुण्यादि पांच वर्ग हैं।

क्षेत्रज्ञ———इन पांचों वर्गों के धर्म वाला आत्मा बिना ज्ञान इन धर्मों से रहित नहीं होता और जो मैं हूँ यह उपाधि आत्मा की संनिधि में शाश्वत रूप से भासती है वह लिङ्ग शरीर है, उसको हृदय ग्रन्थि कहते हैं, उसमें जो चैतन्य प्रकाशता है उसको क्षेत्रज्ञ कहते हैं।

साक्षी———ज्ञाता ज्ञान और ज्ञेय इन तीनों के आविर्भाव और तिरोभाव को जानने वाला, स्वयं ज्योति आत्मा जो आविर्भाव और तिरोभाव रहित और स्वयं प्रकाश होता है, उसको साक्षी कहते हैं।

कूटस्थ———ब्रह्मा से लेकर चेंटी पर्यन्त सब प्राणियों की बुद्धिमें जो अवशेष रूपसे देखनेमें आता हुआ और सब प्राणियों की बुद्धि में जो रहता है, उसको कूटस्थ कहते हैं।

अंतर्यामी———कूटस्थ और उपहित जीव के स्वरूप की पृथक प्राप्ति का कारण रूप होकर जो मणियों के समूह में सूत्र की समान सब क्षेत्रों में प्रोया हुआ भाषता है उसको अन्तर्यामी कहते हैं।

प्रत्यगात्मा———सत्य, ज्ञान, अनंत और आनन्द रूप, सब उपाधियों से रहित, कड़े. कुण्डल आदि उपाधियों से रहित घन सुवर्ण की समान विज्ञान चिन्मात्र स्वभाव वाला आत्मा जब प्रकाशता है तब वह 'त्वं' पद के अर्थ रूप है।

परात्मा———ब्रह्म, सत्य, ज्ञान और अनंत रूप है। सत्य का अर्थ अविनाशी है। देश, काल और वस्तुओं के परिच्छेदों के नाश होने पर भी जिसका नाश नहीं होता उसको अविनाशी कहते हैं। उत्पत्ति, विनाश रहित जो अखण्ड चेतन्य है उसको ज्ञान कहते हैं। मिट्टी के विकार में मिट्टी के समान, सुवर्ण के विकार में सुवर्ण समान, तंतु के विकार में तंतु समान और अव्यक्तादि सृष्टि के प्रपञ्चों में पूर्ण व्यापक रूप से जो चैतन्य है उसको अनन्त कहते हैं। सुख चैतन्य स्वरूप वाला, परिमाण रहित, आनन्द के समुद्र रूप और अवशिष्ट सुख रूप वाला आनन्द कहलाता है। जिसके ये चारों लक्षण हैं और जो देश, काल और निमित्त में अव्यभिचारी—निश्चल रहता है, वह परमात्मा 'तत्' पद का अर्थ है।

परब्रह्म———त्वं पदार्थ रूप उपाधि से और तत्पदार्थ रूप उपाधि के भेद से विलक्षण, आकाश के समान सूक्ष्म, सत्ता मात्र स्वभाव वाला परब्रह्म कहलाता है।

Scanned by CamScanner

माया——अनादि, अन्त वाली, प्रमाण और अप्रमाण दोनों को समान, सत् नहीं, असत् नहीं तथा सदसत् भी नहीं, आप ही अधिक रूप से, विकार से रहित दीखती, सत् आदि अन्य लक्षणों से रहित माया है। यह माया अज्ञान रूप, तुच्छ और तीनों काल में असत् रूप है तो भी लौकिक मूढ़जनों की उसमें वास्तविक सद्बुद्धि होने से यह ऐसी ही है ऐसा कहना नहीं बनता।

मैं आत्मा उत्पत्ति से रहित, दश इन्द्रियों से रहित, बुद्धि मन अहंकार से रहित ॥१॥ अप्राण रूप, अमन रूप, शुभ्र रूप, बुद्धि आदि का सर्वदा साक्षी रूप, सर्वदा नित्य रूप और चिन्मात्र रूप हूँ इसमें संशय नहीं है ॥२॥ मैं कर्ता रूप भोक्ता रूप नहीं हूँ। प्रकृति का साक्षी रूप हूँ। मेरी समक्षता से देहादि चैतन्य के समान प्रवृत हों ऐसे दीखते हैं ॥३॥ मैं स्थाणु, नित्य, सदानन्द, शुद्ध, ज्ञानमय, मल रहित, सब भूतों का आत्मा रूप, विभु, साक्षी रूप हूँ इसमें संशय नहीं है ॥४॥ ब्रह्मरूप, सर्व वेदान्त से जानने योग्य, आकाश वायु के समान होने से अवेद्य नाम, रूप और कर्म से रहित मैं ही ब्रह्म सच्चिदानन्द स्वरूप हूँ ॥५॥ मैं देह नहीं हूँ मुझको जन्म मृत्यु कैसे हो? मैं प्राण रूप नहीं हूँ इससे मुझमें क्षुधा पिपासा नहीं है। मैं चेतस् रूप नहीं हूँ इसलिये मुझमें शोक और मोह कैसे होवें? मैं कर्ता से रहित होने से बंध मोक्ष भाव से रहित हूँ।



आत्मप्रबोध उपनिषत्।

[१२]

प्रत्यक् आनन्द रूप और ब्रह्म पुरुष प्रणव रूप है। अकार, उकार और मकार ये तीन अक्षर प्रणव रूप हैं, इसको ॐकार कहते हैं। इसका उच्चारण करने से योगी जन्मरूप संसार बंधन से मुक्त होता है। शंख चक्र और गदा को धारण करने वाले नारायण को नमस्कार। नमोनारायण इस मंत्र की उपासना करने वाला वैकुण्ठ में जायगा। जो ब्रह्मरंध्र रूप कमल है, वह बिजली के समान प्रकाशता है। यह ब्रह्मण्य देवकीपुत्र रूप से, मधुसूदन रूप से, पुण्डरीकाक्ष रूप से, विष्णु रूप से और अच्युत रूप से है। सब प्राणियों में जो एक नारायण स्थिति करता है। वह कारण रूप पुरुष, कारण से रहित, परब्रह्म रूप ओंकार, शोक मोह रहित और विष्णु रूप है। इस विष्णु के ध्यान करने वालों का नाश नहीं होता। वह द्वैत से अद्वैत रूप होकर अभय होजाता है। जो भिन्नता को देखता है, वह अनेक प्रकार के मृत्यु को प्राप्त होता है। हृदय कमल में जो कुछ उसकी स्थिति प्रज्ञा में है। लोक प्रज्ञा नेत्र है, प्रज्ञा प्रतिष्ठा रूप से और ब्रह्म रूप से है। इस प्रज्ञा से इस लोक का उत्क्रमण करके दूसरे लोक अर्थात् स्वर्ग में मनुष्य सब कामनायें प्राप्त करता है। वह अमृत रूप होता है। सतत ज्योति जिस लोक में रहती है वह लोक मुझको दीजिये। यह

Scanned by CamScanner

अक्षत लोक मान से रहित और अच्युत रूप है। जो इस लोक को प्राप्त होता है, वह अमृत होता है अमृत रूप ओंकार को नमस्कार है ॥१॥

मुझमें से माया का नाश हुआ है, स्वच्छ दृष्टि रूप वस्त्र मात्र मैं हूँ। अस्मिता का नाश करने वाला, जगत् ईश और जीव के भेद से रहित हूँ (१) प्रत्यक् अभिन्न रूप हूँ, विधि निषेध का नाश रूप हूँ, आश्रयों से पर हूँ, परमानन्द रूप पूर्ण संवित् रूप हूँ, (२) अपेक्षा रहित साक्षी हूँ, अपनी महिमा में स्थित हूँ, अचल हूँ, अजर हूँ, अव्यय हूँ, पक्ष विपक्ष भेद से रहित हूँ। (३) एक रस ज्ञान स्वरूप हूँ, मोक्ष आनन्द का एक सिन्धु भी मैं ही हूँ, सूक्ष्म हूँ, अक्षर हूँ, गुण समूह से रहित केवल आत्मा हूँ, (४) तीन गुणों से रहित पद हूँ, कुक्षी स्थान में लोक कलना रूप हूँ, कूटस्थ चैतन्य हूँ, निष्क्रियमान हूँ, तर्क से रहित हूँ। (५) एक हूँ, कला से रहित हूँ, निर्मल, निर्वाण मूर्ति भी हूँ, निरवयव हूँ, अज हूँ, केवल सन्मात्र सार भूत हूँ। (६) अवधि रहित निज बोध रूप हूँ, शुभ तर भाव रूप हूँ, अभेद्य हूँ, विभु हूँ, निन्दा से रहित, अवधि रूप हूँ, परमतत्व मात्र हूँ। (७) जानने योग्य हूँ वेद में आराधन करने योग्य, सब भुवनों में सुंदर हूँ, परमानन्द घन हूँ, परमानन्द का एक भूमा रूप हूँ। (८) शुद्ध हूँ, अद्वय हूँ, सर्व भाव रूप हूँ, आदि शून्य हूँ, देशकाल और वस्तु इनके परिच्छेद से रहित हूँ, बंध मुक्त हूँ, अद्भुत आत्मा हूँ, (९) शुद्ध हूँ, अन्तर हूँ, शाश्वत विज्ञान एक रस आत्मा हूँ, शोभन किया हुआ परम तत्त्व मैं हूँ,

बोध और आनन्द की एक मूर्ति भी हूँ। (१०) विवेक और युक्ति की बुद्धि वाला हूँ, अद्वय आत्मा को जानता हूँ तो भी बंध मोक्ष आदि व्यवहार प्रतीत होता है। (११) निवृत्त हुआ प्रपंच भी मुझको सत्य के समान सर्वदा भासता है। जैसे सर्प आदि में रज्जु की सत्ता है, ऐसे प्रपंच में केवल ब्रह्म सत्ता ही है। (१२) मैं प्रपंच का आधार रूप हूँ इसलिए जगत् है ही नहीं, जैसे ईक्ष में रस रूप से शक्कर रहती है तैसे ही (१३) अद्वितीय ब्रह्म रूप से तीनों लोकों में व्याप्त हूँ। ब्रह्मा से लेकर कीटपर्यन्त सब प्राणी मुझ में कल्पित हैं। (१४) बुद्बुदे से लेकर तरंग तक जितने विकार समुद्र में दीखते हैं, उन तरङ्गों में स्थित विकारों को जैसे सिंधु नहीं चाहता तैसे ही (१५) आनन्द रूप होने से मुझे विषयानन्द की इच्छा नहीं होती, जैसे धनवान् को दरिद्र होने की इच्छा नहीं होती तैसे ही (१६) मुझ ब्रह्मानन्द में निमग्न को विषय की आशा नहीं होती, विष और अमृत को देखकर बुद्धिमान् पुरुष विष को त्यागता है। (१७) तैसे ही आत्मा को देखकर मैं अनात्मा का त्याग करता हूँ, घट में प्रकाशने वाले सूर्य का घट के नाश से नाश नहीं होता (१८) तैसे ही देह को प्रकाशने वाले साक्षी का देह के नाश होने से नाश नहीं होता। मुझको बंध, मोक्षशास्त्र और गुरु कोई नहीं है। (१९) ये सब केवल माया का विकाश मात्र है और मैं माया से रहित अद्वय हूँ। उसके धर्मों से प्राण चला करो और मन कामना से मरता रहो। (२०) आनन्द बुद्धि से पूर्ण मुझको दुःख कहां से हो ? में आत्मा को प्रत्यक्ष

Scanned by CamScanner

अक्षत लोक मान से रहित और अच्युत रूप है। जो इस लोक को प्राप्त होता है, वह अमृत होता है अमृत रूप ओंकार को नमस्कार है ॥१॥

मुझमें से माया का नाश हुआ है, स्वच्छ दृष्टि रूप वस्त्र मात्र मैं हूँ। अस्मिता का नाश करने वाला, जगत् ईश और जीव के भेद से रहित हूँ (१) प्रत्यक् अभिन्न रूप हूँ, विधि निषेध का नाश रूप हूँ, आश्रयों से पर हूँ, परमानन्द रूप पूर्ण संवित् रूप हूँ, (२) अपेक्षा रहित साक्षी हूँ, अपनी महिमा में स्थित हूँ, अचल हूँ, अजर हूँ, अव्यय हूँ, पक्ष विपक्ष भेद से रहित हूँ। (३) एक रस ज्ञान स्वरूप हूँ, मोक्ष आनन्द का एक सिन्धु भी मैं ही हूँ, सूक्ष्म हूँ, अक्षर हूँ, गुण समूह से रहित केवल आत्मा हूँ, (४) तीन गुणों से रहित पद हूँ, कुक्षी स्थान में लोक कलना रूप हूँ, कूटस्थ चैतन्य हूँ, निष्क्रियमान हूँ, तर्क से रहित हूँ। (५) एक हूँ, कला से रहित हूँ, निर्मल, निर्वाण मूर्ति भी हूँ, निरवयव हूँ, अज हूँ, केवल सन्मात्र सार भूत हूँ। (६) अवधि रहित निज बोध रूप हूँ, शुभ तर भाव रूप हूँ, अभेद्य हूँ, विभु हूँ, निन्दा से रहित, अवधि रूप हूँ, परमतत्व मात्र हूँ। (७) जानने योग्य हूँ वेद में आराधन करने योग्य, सब भुवनों में सुंदर हूँ, परमानन्द घन हूँ, परमानन्द का एक भूमा रूप हूँ। (८) शुद्ध हूँ, अद्वय हूँ, सर्व भाव रूप हूँ, आदि शून्य हूँ, देशकाल और वस्तु इनके परिच्छेद से रहित हूँ, बंध मुक्त हूँ, अद्भुत आत्मा हूँ, (९) शुद्ध हूँ, अन्तर हूँ, शाश्वत विज्ञान एक रस आत्मा हूँ, शोभन किया हुआ परम तत्त्व मैं हूँ,

बोध और आनन्द की एक मूर्ति भी हूँ। (१०) विवेक और युक्ति की बुद्धि वाला हूँ, अद्वय आत्मा को जानता हूँ तो भी बंध मोक्ष आदि व्यवहार प्रतीत होता है। (११) निवृत्त हुआ प्रपंच भी मुझको सत्य के समान सर्वदा भासता है। जैसे सर्प आदि में रज्जु की सत्ता है, ऐसे प्रपंच में केवल ब्रह्म सत्ता ही है। (१२) मैं प्रपंच का आधार रूप हूँ इसलिए जगत् है ही नहीं, जैसे ईक्ष में रस रूप से शक्कर रहती है तैसे ही (१३) अद्वितीय ब्रह्म रूप से तीनों लोकों में व्याप्त हूँ। ब्रह्मा से लेकर कीटपर्यन्त सब प्राणी मुझ में कल्पित हैं। (१४) बुद्बुदे से लेकर तरंग तक जितने विकार समुद्र में दीखते हैं, उन तरङ्गों में स्थित विकारों को जैसे सिंधु नहीं चाहता तैसे ही (१५) आनन्द रूप होने से मुझे विषयानन्द की इच्छा नहीं होती, जैसे धनवान् को दरिद्र होने की इच्छा नहीं होती तैसे ही (१६) मुझ ब्रह्मानन्द में निमग्न को विषय की आशा नहीं होती, विष और अमृत को देखकर बुद्धिमान् पुरुष विष को त्यागता है। (१७) तैसे ही आत्मा को देखकर मैं अनात्मा का त्याग करता हूँ, घट में प्रकाशने वाले सूर्य का घट के नाश से नाश नहीं होता (१८) तैसे ही देह को प्रकाशने वाले साक्षी का देह के नाश होने से नाश नहीं होता। मुझको बंध, मोक्षशास्त्र और गुरु कोई नहीं है। (१९) ये सब केवल माया का विकाश मात्र है और मैं माया से रहित अद्वय हूँ। उसके धर्मों से प्राण चला करो और मन कामना से मरता रहो। (२०) आनन्द बुद्धि से पूर्ण मुझको दुःख कहां से हो ? में आत्मा को प्रत्यक्ष

Scanned by CamScanner

जानता हूँ, मेरा अज्ञान नष्ट हुआ है। (२१) मेरा कर्तृत्व नष्ट हो गया है, अब कर्तव्य कुछ नहीं है। ब्राह्मणपना, कुल, गोत्र,नाम, सौन्दर्य, जाति (२२) ये स्थूल देह में रहते हैं, स्थूल देह से भिन्न मुझमें नहीं रहते। भूख, प्यास, अन्धापना, बहिरापना, काम, क्रोधादि (२३) ये सम्पूर्ण लिङ्ग देह में होते हैं परन्तु मैं लिंग देह से रहित होने से मुझमें कुछ भी नहीं है। जड़पना, प्रिय, मोद, आदि धर्म कारण देह के हैं। (२४) परन्तु मैं नित्य निर्वकारी हूँ, इसलिये वे मेरे नहीं हैं। जैसे घुग्घू को सूर्य अन्धकार रूप से दीखता है। (२५) तैसे मूढ़ को स्वप्रकाश परानन्द में अन्धेरा दीखता है। चक्ष दृष्टि की बादल से रोक होने के कारण सूर्य नहीं है; ऐसा माना जाता है (२६) तैसे ही अज्ञान से ढका हुआ जीव 'ब्रह्म नहीं है' ऐसा मानता है। जैसे अमृत विषसे भिन्न है और विषके दोषोंसे लिप्तायमान नहीं होता (२७) तैसे ही जड़से भिन्न मुझको जड़ादि दोषोंका स्पर्श नहीं होता,जैसे एक छोटे से दीपक की ज्योति बहुत अन्धकार का नाश करती है (२८) तैसे थोड़ा सा भी ज्ञान महान् अज्ञान का नाश करता है। जैसे तीनों काल में रज्जु में सर्प नही है, वैसे ही मुझमें। (२९) अहंकारादि से देह पर्यंत का जगत् नहीं है। मैं अद्वय रूप हूँ। मैं चेतन रूप होने से मुझमें जड़ता नहीं है। मैं सत्य रूप होने से मुझमें असत्य नहीं है (३०) मैं आनन्द रूप होने से मुझमें दुःख नहीं है। अज्ञान से मुझको दुःख सत्य रूपसे भासता है। आत्म प्रबोध उपनिषत् की जो एक मुहूर्त भी उपासना करता है, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होती, पुनरावृत्ति नहीं होती।

वेदान्त

कालाग्नि रुद्र उपनिषत्।

[१३]

एक समय भगवान कालाग्नि रुद्र से सनत्कुमार ने पूछा "हे भगवन्! मुझे त्रिपुण्ड की विधि तत्व सहित श्रवण कराइये। त्रिपुण्ड्र क्या है, उसका स्थान कौन है, प्रमाण क्या है, कौन सी रेखा है, मन्त्र कौन से है, कौन सी शक्ति का दैवत् कौन कर्ता है और उसका क्या फल है?" भगवान् कालाग्नि रुद्र ने कहा "जो द्रव्य है, सो अग्नि होत्र की भस्म है। 'सद्यो जातादि' पांच मन्त्र से इस भस्म को ग्रहण करना, 'अग्नि रिति भस्म, वायु रिति भस्म, व्योमेति भस्म, जल मिति भस्म और स्थल मिति भस्म, इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करके 'मान स्तोक' इस मन्त्र से अंगुली पर लेकर 'मानो महान्' इस मन्त्र से जल लेकर 'त्रियायुष' इस मन्त्र से शिर, ललाट वक्ष और स्कन्ध पर 'त्रियायुष' और 'त्र्यंवक' इस मन्त्र से तीन रेखा करना। यह शांभव व्रत कहलाता है। सब देवताओं में इस व्रत को वेद वेत्ताओं ने कथन किया है। पुनः जन्म लेना न पड़े इसलिए मुमुक्षुता धारण करने वाला इसका आचरण करे।" सनत्कुमार ने पूछा "तीन रेखा करने में आती हैं इसका क्या कारण है?" उत्तरः—"तीन रेखाओं में से प्रथम रेखा गार्हपत्य रूप, आकाश रूप, रजो रूप, भूलोक रूप, स्वात्म रूप क्रिया शक्ति रूप,

Scanned by CamScanner

ऋग्वेद रूप, प्रातः सवन रूप, और महेश्वर रूप, है। दूसरी रेखा दक्षिणाग्नि रूप, उकार रूप, सत्व रूप, अन्तिरिक्ष रूप, अन्तरात्मा रूप, इच्छा शक्ति रूप, यजुर्वेद रूप, मध्य दिन सवन रूप और सदाशिव रूप है। तीसरी रेखा अद्वितीय रूप, मकार रूप, तम रूप, द्यौलोंक रूप, परमात्मा रूप, ज्ञानं शक्ति रूप, सामवेद रूप, तृतीय सवन रूप और महादेव रूप है। जो कोई विद्वान्, ब्रह्मचारी, गृहस्थाश्रमी, वानप्रस्थाश्रमो अथवा यति हो और वह जो त्रिपुण्ड्र को धारण करे तो महापातकों और उपपातकों से मुक्त होता है। सब तीर्थों में उसने स्नान किया सा होता है, उसने सब वेदों का अध्ययन किया साहोता है। सब देवताओं का वह ज्ञाता होता है, वह सब रुद्र मन्त्रों का जप करने वाला होता है, वह सब भोग का भोगता है और देह त्याग करके शिवपने को प्राप्त होता है। उसकी पुनरावृत्ति नहीं होती।" इस प्रकार कालाग्नि रुद्र ने कहा। जो इसका अध्ययन करता है वह भी उसके समान होता है।

वेदान्त

तुरीयातीत उपनिषत्

[१४]

पितामह 'ब्रह्मा अपने पिता भगवान नारायण के समीप आकर पूछने लगे "तुरीयातीत अवधूत का मार्ग कैसा है और उसकी स्थिति कैसी होती है?" भगवान नारायण ब्रह्मा से कहने लगे "जो अवधूत मार्ग में होता है, ऐसा पुरुष दुर्लभ्य है, ऐसे पुरुष बहुत रूप से नहीं होते। यदि कहीं एकाध होता है, तो वह हमेशा पवित्र है, वैराग्य मूर्ति रूप है, ज्ञानाकार रूप से है और वेद पुरुष रूप से है ऐसा ज्ञानी मानते हैं। जो महा पुरुष है, वह अपना चित्त मुझमें स्थित करके रहा हुआ है और मैं उसमें स्थिति करके रहा हुआ हूँ। वह प्रथम कुटीचक सन्यासी रूप होता है, पीछे क्रम से बहूदक होता है। बहूदक हंस संन्यस्त का अवलम्बन करके पीछे परमहंस रूप होता है और स्वरूपानुसंधान से सब प्रपंच को जानकर, दंड, कमंडलु, कटिसूत्र, कौपीन, आच्छादन और विधि अनुसार कही हुई सब क्रियादिक का जल में त्याग करके दिगम्बर रूप होकर, विवर्ण और जीर्ण वल्कल, अजिन का भी त्याग करके विधि निषेध रहित जीवन बिताता है वह क्षौर, तेल, मर्दन, स्नान और ऊर्ध्व पुंड्रादिक (तिलक) का त्याग करता है। वह पुण्य, अपुण्य से रहित होता है। वह ज्ञान और अज्ञान का भी त्याग करता है। उसको शीत, उष्ण सुख

Scanned by CamScanner

दुःख मान और अपमान नहीं होता। तीन वासनाओं सहित, निन्दा, अनिन्दा, गर्व, मत्सर, दंभ, दर्प, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ, मोह, हर्ष, अमर्ष, असूया और अपने देह का संरक्षण आदिक का उसने दहन किया होता है। वह अपने शरीर को मृतक के आकार के समान देखता है। वह यत्न से रहित होता है, नियम से रहित होता है, उसको लाभ हानि सब समान होते हैं। एक गाय के समान घास आदि जो कुछ प्राप्त हो उससे निर्वाह करता है और वह लालच से रहित होता है। उसने सब विद्या और पांडित्य रूप प्रपंच का त्याग किया होता है इसलिये वह अपने को गूढ़ रखता है और ज्येष्ठ और कनिष्ठ के भेद को पूर्ववत् कायम रखता है वह सर्वोत्कृष्ट और सर्वात्मफ अद्वैत रूप से कल्पना करता है। 'मुझसे अन्य कुछ भी नहीं है,' ऐसा वह मानता है वह देव गुरु आदि धन का आत्मा में उपसंहार करता है। वह दुःख से दुखी नहीं होता, सुख से हर्ष नहीं मानता। उसे राग में प्रीति नहीं होती, उसकी सब इन्द्रियाँ शुभाशुभ से उपराम को प्राप्त हुई होती है। पूर्व प्राप्त हुए आश्रम, आचार, विचार, विद्या, धर्म प्रभाव आदि की स्मृति उसकी नहीं होती। उसने वर्णाश्रम और आचार का त्याग किया हुआ होता है। रात्रि और दिन उसको समान होता है इसलिये वह सोता नहीं वह विचरता रहता है उसके पास देहमात्र रहा हुआ होता है। उसको जल और स्थल कमंडल रूप से हैं और वह हमेशा उन्मत्तपने से रहित है तो भी बालक, उन्मत्त और पिशाच के समान

अकेला विचरता है, किसी से बोलता नहीं परन्तु स्वरूप के ध्यान में रहा हुआ होता है। निरालम्ब का अवलम्बन करके आत्मनिष्ठा से वह और सब विस्मरण करता है, ऐसा तुरीयातीत अवधूत वेष वाला अद्वैत निष्ठा में तत्पर, प्रणय के भाव से युक्त होकर देह का त्याग करता है वह अवधूत है। वह ही कृत कृत्य हो जाता है॥ ॐ तत् सत्॥

सन्यास

Scanned by CamScanner

अध्यात्म उपनिषत्

[१५]

शरीर के मध्य भाग में अज, एक और नित्यरूप आत्मा रहता है। इस आत्मा का पृथिवी शरीर है। वह पृथिवी के मध्य भाग में रहता है तो भी पृथिवी उसे जान नहीं सकती। इस आत्मा का जल शरीर है। जल के मध्य में आत्मा रहता है तो भी जल आत्मा को नहीं जानता। इस आत्मा का तेज शरीर है। तेज के मध्य में आत्मा रहता है तो भी तेज उसको नहीं जानता। इस आत्मा का वायु शरीर है। वह वायु के मध्य में रहता है तो भी वायु उसको नहीं जानता। आत्मा का आकाश शरीर है आकाश में संचार करने पर भी आकाश उसको नहीं जानता। आत्मा का मन शरीर है, वह मनमें रहता है तो भी मन उसको नहीं जानता। आत्मा का बुद्धि शरीर है। आत्मा बुद्धि में रहता है तो भी बुद्धि आत्मा को नहीं जानती। अहंकार उसका शरीर है, वह अहंकार में रहता है तो भी अहंकार उसको नहीं जानता। चित्त उसका शरीर है, वह चित्त में रहता है तो भी चित्त उसको नहीं जानता। अव्यक्त उसका शरीर है, वह अव्यक्त में रहता है तो भी अव्यक्त उसको नहीं जानता। अक्षर उसका शरीर है, वह अक्षर में रहता है तो भी अक्षर उसको नहीं जानता। मृत्यु उसका शरीर है, वह मृत्यु में रहता है तो भी मृत्यु

उसको नहीं जानता। यह सब प्राणियों का अंतरात्मारूप शुद्ध, दिव्य, प्रकाशरूप और नारायणरूप है।

देह, चक्षु, आदिक अनात्म वस्तुओं में जो 'मैं' और 'मेरा' ऐसा भाव होता है, उसको अध्यास कहते हैं। विद्वान् पुरुषों को ब्रह्म में आसक्ति रखकर अध्यास का त्याग करना चाहिये ॥१॥ बुद्धि और उसकी वृत्ति के साक्षीरूप इस प्रत्यक् आत्मा को 'आत्मा मैं ही हूँ' ऐसी वृत्ति रखकर अपने और दूसरे में आत्म-बुद्धि का त्याग कर दे ॥२॥ लोगों के अनुसार वर्तने के भाव को त्याग कर देह के अनुवर्तन के भाव का त्याग करे, शास्त्र के समान वर्तने के भाव का त्याग कर दे, और अपने अध्यास का भी त्याग कर दे ॥३॥ आत्मा के सर्वात्मपने को जान कर श्रुतियों और युक्तियों से उसका अनुभव करके योगियों का मन स्वात्मा में हमेशा स्थिति करके नाश को प्राप्त होता है ॥४॥ निद्रा को, लोक वार्ता को, शब्दादिक को और आत्मविस्मृति को कभी भी अवकाश न देकर आत्मा में आत्मा का चिंतन करे ॥५॥ माता पिता के मल से उत्पन्न हुए ऐसे मल मांस वाले शरीर का चण्डाल के समान त्याग करके ब्रह्मरूप से तू कृतार्थ हो ॥ ६ ॥ जैसे घटाकाश का महाकाश में लय होता है तैसे आत्मा का परमात्मा में लय करके हे मुनि ! तू मौनी होजा ॥७॥ आत्मा से हमेशा अधिष्ठान रूप स्वप्रकाश का अनुभव करके शरीर का और ब्रह्माण्ड का भी मैले के पात्र के समान त्याग कर ॥८॥

Scanned by CamScanner

आनन्द रूप चिदात्मा में, देह में रहने वाली अहं बुद्धि को स्थापन करके; सब चिन्हों को त्याग करके तू केवल रूप हो ॥९॥ जैसे दर्पण में अंतःपुर का भास होता है तैसे जिसमें जगत् का भास होता है 'वह ब्रह्मरूप मैं स्वयं हूं' ऐसा मान कर कृत-कृत्य हो ॥१०॥ अहंकाररूप मगर से भुक्त हुआ अपने स्वरूप को प्राप्त होता है, वह चन्द्र के समान निर्मल, पूर्ण, सदानन्दमय और स्वयंप्रभा रूप होकर रहता है ॥११॥ क्रिया के नाश होने से चिन्ता का नाश होता है, चिंता के नाश होने से वासना का क्षय होता है और वासना क्षय होने से मोक्ष होता है, उसको जीवन-मुक्ति कहते है ॥१२॥ सबमें और सब दिशाओं में एक ब्रह्म का ही अवलोकन करने और सद्भाव रूप भावना दृढ़ होने से वासना का लय होता है ॥१३॥ किसी समय ब्रह्मनिष्ठा में प्रमाद न करना चाहिये। ब्रह्मवादियों को ब्रह्मविद्या में प्रमाद करना मृत्यु-रूप कहलाता है ॥१४॥ जैसे हाथ से हटाई हुई जलकी काई थोड़ी देर भी नहीं रहती तैसे परांगमुख ऐसे प्राज्ञ को माया आवरण करती है ॥१५॥ हे निष्पाप जो मनुष्य जीता हुआ ही केवल अवस्था को प्राप्त हुआ है, वह ही केवल विदेह रूप है, (इसलिये) समाधि को प्राप्त करके तू निर्विकल्प हो ॥१६॥ जब निर्विकल्प समाधि से अद्वैत आत्मा का साक्षात्कार होता है तब अज्ञान रूप हृदय ग्रन्थि का समूल नाश होता है ॥१७॥ इस आत्मा में अहंभाव को दृढ़ कर देहादि में उसका त्याग करते हुए घट पटादिक के समान सब में उदासीन रहना चाहिये ॥१८॥

ब्रह्मा से लेकर स्तंभ पर्यन्त सब मिथ्या उपाधि रूप है इसलिए उनमें एक आत्म रूपसे रहने वाले स्वात्म स्वरूपका दर्शन करना चाहिए ॥१९॥ मैं ही ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र, शिव और विश्व रूप हूँ और मेरे सिवाय अन्य कुछ भी नहीं है ॥२०॥ आभास सहित सब वस्तुओं का निराश कर के जिसने उनको अपने आत्मा में आरोपण किया है और जो आप पूर्ण, अद्वय और अक्रिय रूप से हुआ है ॥२१॥ एक ही परमार्थ वस्तु में विश्व जैसी कल्पना असत् कल्पना रूप, है, पर वस्तु ब्रह्म है, जो निर्विकार, निराकार, और निर्विशेष है, उसमें भेद भाव कहां से हो ? ॥२२॥ आत्मा द्रष्टा, दर्शन और दृश्यादि भाव से रहित है, निरामय रूप है, कल्पना रहित है, महान समुद्र के समान अत्यन्त परिपूर्ण है॥२३॥ जैसे तेज में अंधकार का लय होता है, तैसे जिसमें सब भ्रांति का लय होता है ऐसे चिदात्मा में भेद कहां से हो ? ऐसे एक परम तत्व में भेद का कर्ता किस प्रकार संभवित हो सके ॥२४॥ एक परम तत्व में भेद किस प्रकार हो ? सुख मात्र सुषुप्ति में भेद किसने देखा है ॥२५॥ यह विश्वचित्त में से उत्पन्न हुआ है और चित्त के अभाव से उसमें का कुछ भी नहीं रहता इसलिए परमात्मा में चित्त को एकाग्र करना चाहिए ॥२६॥ अखंडानन्द आत्मा जो अपना स्वस्वरूप है उसको जानकर बाहर और भीतर सदानन्द रसका आस्वाद आत्मामें होता है॥२७॥ बोध इसवैराग्य का फल है, बोधका फल उपरति है उपरति का फल स्वानन्द के अनुभव से होने वाली शांति है ॥२८॥ उत्तर २ के अभाव से

Scanned by CamScanner

पूर्व २ का रूप निष्फल है, निवृत्ति ही परम तृप्ति है और उपमा से रहित आनंद है॥२९॥माया रूपीउपाधिसे युक्त,जगत् का कारण रूप सर्वज्ञत्वादि लक्षण वाला, परोक्ष और सत्यादि लक्षण वाला तत्पद कहा जाता है॥३०॥जो अन्तःकरण वालाचैतन्य 'मैं' ऐसे विषयपने से प्रतीत होता है वह त्वंपद से कहा जाता है॥३१॥ माया तथा अविद्या जो ईश्वर और जीव की उपाधि है, उनको छोड़कर अखण्ड सच्चिदानन्द परब्रह्म का अनुभव होता है ॥३२॥ इस प्रकार वेदान्त वाक्यों से प्रतिपादन किए हुए अर्थ का जो अनुसंधान है वह श्रवण है, युक्ति से निश्चित किए हुए का जो अनुसंधान है वह मनन है॥३३॥ श्रवण मनन द्वारा संशय से रहित हुये अर्थ में जो चित्त की एकाग्रता का होना है वह निदिध्यासन कहलाता है॥३४॥ध्याता और ध्यान का त्याग करके केवल ध्येय का विषय करने वाली निर्वात स्थान में दीपशिखा के समान स्थिर चित्त की जो अवस्था है, वह समाधि कहलाती है ॥३५॥ वृत्ति तो आत्मगोचर होने से उस काल में ज्ञात है समाधि से उठे हुए के स्मरण से अनुमान होती है॥३६॥इस अनादि संसार में करोड़ों प्रकार के कर्म संचय हो रहे हैं इस समाधि से सब लय को प्राप्त हो जाते हैं और शुद्ध (आत्म) धर्म की वृद्धि होती है॥३७॥ योग जानने वाले इस समाधि को धर्म मेघ कहते हैं यह धर्म रूप अमृत की हजारों धारायें वर्षती हैं ॥३८॥ इससे वासना जाल का समग्र नाश होजाता है और पाप पुण्य रूप जितने कर्मों का संचय हुआ होता है वे सब मूल सहित नाश हो

जाते हैं ॥३९॥ पहिले जिन वाक्यों का प्रतिबंध रहित सत्य ज्ञान अपरोक्ष होता था और अब हाथ में आमला हो इस प्रकार अपरोक्ष बोध की उत्पत्ति होती है ॥४०॥ भोग्य पदार्थों में वासना की उत्पत्ति न हो, यह वैराग्य की अवधि है, अहंता का उदय न हो, यह बोध की अवधि है ॥४१॥ लीन हुई वृत्तियों को फिर से उत्पत्ति न हो यह उपराम की अवधि है और स्थिति प्रज्ञा वाला अर्थात् मुक्त है जिसको सदानन्द प्राप्त होता है ॥४२॥

ब्रह्म और आत्मा की उपाधियों को छोड़ कर, एकता करने वाला अखंडी निर्विकार, क्रिया रहित ब्रह्म में लीन वृत्ति होता है ॥४३॥ ब्रह्म और आत्मा को एक विषय करने वाली विकल्प रहित केवल मात्र वृत्ति को प्रज्ञा कहते हैं वह सर्वदा वह प्रज्ञावान जीवन्मुक्त कहलाता हैं ॥४४॥ जिसको देह और इन्द्रियों में कभी अहंभाव और अन्य में 'यह' भाव कहीं भी नहीं होता उसको जीवन्मुक्त जानना चाहिये ॥४५॥

जो पुरुष अपनी बुद्धि से जीव और ब्रह्म में और ब्रह्म और जगत् में भेद नहीं जानता वह जीवन्मुक्त है ॥४६॥ सत्पुरुषों से पूजित होने से और दुर्जनों से दुःख प्राप्त होने से जो समभाव में रहता है, वह जीवन्मुक्त है ॥४७॥ जिसने ब्रह्म तत्त्व को जाना है, उसको प्रथम के समान संसार नहीं रहता और जो प्रथम के समान है उसे तो जानना चाहिये कि वह ब्रह्मतत्त्व से अज्ञात—बहिर्मुख है ॥४८॥ जब तक सुखादि का अनुभव होता है तब तक प्रारब्ध

Scanned by CamScanner

मानने में आता है; क्योंकि फल का उदय पूर्व की क्रिया से ही होता है, क्रिया बिना कभी भी नहीं होता ॥४९॥ जैसे जाग्रत अवस्था प्राप्त होने से स्वप्न कर्म का लय होजाता है तैसे ही मैं 'ब्रह्म हूँ' ऐसा ज्ञान होने से सैकड़ों और करोड़ों कल्पों के बने हुए संचित कर्मों का लय होता है ॥५०॥ जैसे आकाश किसी से लेपायमान नहीं होता ऐसे ही जिस यति को 'मैं असंग उदासीन हूँ' ऐसा ज्ञान उत्पन्न हुआ है वह किसी प्रकार के कर्मों से कभी भी लेपायमान नही होता ॥५१ जैसे आकाश घट का योग करके और दारू की गंध से लेपायमान नहीं होता तैसे आत्मा उपाधि के योग व उनके धर्मों से लेपायमान नहीं होता ॥५२॥ ज्ञान होने के प्रथम जिसका फल प्राप्त होना आरम्भ हो चुका है ऐसा प्रारब्ध कर्म निशान लगाने के उद्देश्य से छुट चुके हुए वाण के समान; फल दिये विना नाश को प्राप्त नहीं होता ॥५३॥ वाघ समझकर वाण छोड़ दिया, पीछे से जाना गया कि गाय है तो भी वह वाण स्थिर नहीं होता, वेग से भरा हुआ निशान पर जाकर लगता ही है ॥५४॥ 'मैं अजर हूँ अमर हूँ' इस प्रकार आत्मा को जानने वाले को—आत्मा में टिके हुए को प्रारब्ध कर्म की कल्पना ही कहाँ से हो ? ॥५५॥ जब देह रूप से स्थिति होती है तब प्रारब्ध सिद्ध होता है, देहात्म भाव ही इष्ट नहीं है इसलिये प्रारब्ध को छोड़ देना चाहिये ॥५६॥ देह का प्रारब्ध कहना भी भ्रांति की कल्पना है ॥५७॥ अध्यस्त पदार्थ सत्य नहीं होता, असत्य का जन्म नहीं होता, जो जन्मा नही है उसका नाश नहीं होता और

असत् का प्रारब्ध नहीं होता ॥५८॥ ज्ञान से अज्ञान के कार्य का मूल सहित, नाश होता है तब देह का रहना ही किस प्रकार संभवे ? ऐसी शंका जड़ पुरुषों की होती है। उसका समाधान करने के लिये श्रुति से "बाह्य दृष्टि" से प्रारब्ध रहता है ऐसा कहा है ॥५९॥ देहादिक सत्य हैं, ऐसा विद्वान् पुरुषों के जानने के निमित्त नहीं।

ब्रह्म परिपूर्ण आदि और अन्त से रहित, क्रिया के अयोग्य और विक्रिया रहित है ॥६०॥ सद्रूप, चिद्रूप, आनन्द रूप और अव्यय, सबका अपना आप, एक रस, पूर्ण, अनन्त और सब तरफ मुख वाला है ॥६१॥ छोड़ा न जाय ऐसा, ग्रहण न किया जाय ऐसा, विषयों से रहित, आश्रय से रहित, निर्गुण, अक्रिय, सूक्ष्म, निर्विकल्प और निरंजन है ॥६२॥ जिसको मन ओ वाणी नहीं पहुँचते, इसलिये जिसका स्वरूप निरूपण नहीं होसक्ता ऐसा, सत्य, परिपूर्ण, स्वतः सिद्ध, शुद्ध ज्ञान स्वरूप उपमा रहित ऐसा ब्रह्म एक और अद्वितीय है, उसमें नानापना कुछ भी नहीं है ॥६३॥ अपने अनुभव से अपने ही आत्मा को स्वयं अखंडित जानकर, सिद्ध होकर, अपने ही निर्विकल्प रूप से सुख पूर्वक आत्मा में रहना ॥६४॥ यह जगत् कहां गया, वह कहां लीन होगया, और उसे कौन ले गया ? यह तो अभी मेरे देखने में आया था ! क्या यह बड़ा आश्चर्य नहीं है ? ॥६५॥ अखंड आनन्द रूप अमृत से भरा हुआ, ब्रह्मरूप महा सागर में क्या लेना ? क्या छोड़ना ? क्या भिन्न है ? और क्या विलक्षण है ? कुछ भी नहीं ॥६६॥ इस

Scanned by CamScanner

स्थिति में मैं कुछ भी देखता नहीं हूँ, सुनता नहीं हूँ, और जानता भी नहीं हूँ ! मैं तो सदानन्दमय अपने स्वरूप से स्व लक्षण हूँ ॥६७॥ मैं असंग हूँ, अंग रहित हूँ, लिंग रहित हूँ, शांत हूँ, अनंत हूँ, निर्मल हूँ और सनातन हूँ ॥६८॥ मैं अकर्ता हूँ, अभोक्ता हूँ, निर्विकार हूँ, क्रिया रहित हूँ, शुद्ध बोध रूप हूँ, केवल हूँ और हमेशा मंगल स्वरूप हूँ, ॥६९॥ यह विद्या प्रथम हिरण्यगर्भ को दी, गई, हिरण्यगर्भ से ब्रह्मा को मिली ब्रह्मा ने घोर आंगिरस को दी घोर आंगिरस ने रैक्व को दी, रैक्व ने राम को दी, राम से सब भूत प्राणियों में प्रवृत्त हुई। यह निर्वाण का उपदेश है, वेद का उपदेश है, वेद का उपदेश है।

वेदान्त

स्कन्दोपनिषत् ।

[१६]

स्कन्द कहते हैं:—हे महादेव ! मैं आपकी किंचित् कृपा से अच्युत रूप, शिव स्वरूप हूँ और विज्ञानघन हूँ, इससे अधिक क्या होगा ! ॥१॥ जब अन्तःकरण विषयाकार होकर विस्तार को प्राप्त होता है तब अपने स्वरूपका भान नहीं होता और जब अंतः-करण का नाश होजाता है तब ज्ञान स्वरूप हरि ही रहता है ॥२॥ मैं ज्ञान स्वरूप में स्थित हूँ और अजन्मा हूँ, इससे अधिक और क्या है ! इसके सिवाय सब जड़ स्वप्न के समान नष्ट होने वाला है ॥३॥ चैतन्य और जड़ का जो द्रष्टा है वह ही अच्युत, ज्ञान स्वरूप है, वह ही महादेव है, वह ही महा हरि है ॥४॥ वह ही ज्योतियों का ज्योति है, वह ही परमेश्वर हैं, वह ही परब्रह्म वह ही ब्रह्म मैं हूँ, इसमें संशय नहीं है ॥५॥ जीव शिव है, शिव जीव है, वह जीव केवल शिव है, जिस प्रकार छिलके से ढका हुआ धान होता है, छिलका उतर जाने से चाँवल होजाता है ॥६॥ इसी प्रकार (कर्म में) बंधा हुआ जीव है, कर्म (वासना) नाश होने पर सदा शिव है, इसी प्रकार पाश में बाधा हुआ जीव है, पाश से छूटा हुआ सदा शिव है ॥७॥ शिव विष्णुरूप है और विष्णु शिव रूप है, शिवका हृदय विष्णु है और विष्णु का हृदय शिव है ॥८॥ जैसे शिवमय विष्णु है ऐसे ही विष्णुमय शिव है

Scanned by CamScanner

इनमें जब मैं अन्तर नहीं देखता हूँ तब मैं इसी शरीर में कल्याण को प्राप्त हुआ हूँ ॥९॥ जिस प्रकार शिव और केशव में भेद नहीं है इसी प्रकार देह को देवालय कहा है और जीव केवल शिव है, अज्ञान निर्माल्य को छोड़ कर सोऽहं (वह मैं हूँ) इस भाव से उसका पूजन करे ॥१०॥ अभेद देखना ज्ञान है, मन का विषय (वृत्ति) रहित होना ध्यान है, मन के मल का त्याग स्नान है और इन्द्रयों को रोकना शौच है ॥११ ब्रह्म रूपी अमृत का पान करे, देह रक्षा के लिये भिक्षा का भोजन करे, द्वैत से रहित एकान्त स्थान में अकेला वास करे, जो बुद्धिमान् इस प्रकार का आचरण करे सो मुक्ति को प्राप्त हो ॥१२॥ श्री परमधाम, कल्याण स्वरूप, चिरायु को नमस्कार है, हे नृसिंह देवेश ! आपके प्रसाद से विरिंचि, नारायण, शंकर स्वरूप, अचिन्त्य, अव्यक्त, अनंत, अव्यय, वेद स्वरूप ब्रह्म को आत्म स्वरूप से जानते हैं ॥१३॥ जो विद्वान् पुरुष उस विष्णु के परम पद को स्वर्ग के विस्तार के समान नेत्रों से प्रत्यक्ष देखते हैं ॥१४॥ वे विद्वान् ब्रह्म भाव में लीन होकर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं वह विष्णु का परम पद है वह ही निर्वाण का उपदेश है, वह ही वेद का उपदेश है वह ही वेद का उपदेश है ॥१५॥

वेदान्त

तेजो बिन्दु उपनिषत् ।

[१७]

विश्वात्मा हृदय में टिका हुआ ॐकार स्वरूप तेजोबिन्दु परंध्यान रूप है । जो अणु रूप, शंभु रूप, शान्त, स्थूल, सूक्ष्म और पर है ॥ १ ॥ दुःख से प्राप्त होने योग्य, कठिनाई से आराधना करने योग्य, कठिनाई से देखने योग्य मुक्त और अव्यय स्वरूप है मुनि और विद्वानों को उसका साक्षात् ध्यान दुर्लभ हैं ॥२॥ नियमिताहार करनेवाला, क्रोधको जीतने वाला, संग को जीतनेवाला, इन्द्रियों को जीतनेवाला, द्वन्द्व रहित अहँकार रहित, आशारहित, परिग्रहरहित, ॥३॥ जो अगम्य वेदका कर्ता, स्थिर मनसे प्राप्त होनेयोग्य और तीनों (वेदों) को जिसके मुख्यमें जानता है, वह तीनों धाम वाला हंस कहलाता है ॥४॥ उस विष्णु के परम पद को तन्द्रा रहित, आश्रय रहित, चन्द्र रूप कला वाला, सूक्ष्म, परम और अत्यन्त गुप्त जानो ॥५॥ वही तीन मुख वाला, तीन गुण के स्थान रूप, तीन धातु वाला, रूप रहित निश्चल, विकल्प रहित, आकार रहित और आश्रय रहित ॥६॥ उपाधि रहित स्थान वाणी और मनका अविषय, भाव से ग्रहण करने योग्य स्वभाव वाला, शरीर रहित और अविनाशी पद है ॥७॥ वह अद्वितीय, आनन्द से अतीत, दुःख से देखने योग्य, मुक्त, अव्यय स्वरूप,

Scanned by CamScanner

चिंतवन करने योग्य, विशेष मुक्त, सनातन, अचल और नाश रहित है ॥८॥ वह ब्रह्म है, वह अध्यात्म है, वह विष्णु है, वह शरण है। चिंतन न किया जाय ऐसा जो चिन्मय आत्मा है, वह परम आकाश रूपसे स्थित है ॥९॥ वह शून्यसे विरुद्ध, शून्य भाव वाला परंतु शून्य से अतीत और हृदय में स्थित है। न ध्यान है, न ध्यान करने वाला है और न ध्यान करने योग्य ध्येय ही है ॥१०॥ न सब है, केवल परम शून्य है, उसने ॐ न पर है न अपर, न अपर से पर है। वह चिंतवन करने के अयोग्य, और न जानने योग्य है, न सत्य न पर है ऐसा जानो ॥११॥ मुनियों से न मिला हुआ, देवताओं से न मिला हुआ परं जानो लोभ, मोह, भय, गर्व, काम, क्रोध और पाप रूप नहीं है ॥१२॥ शीत उष्ण भूख प्यास और संकल्प विकल्प रूप नहीं है। उसमें न ब्रह्म कुल का दर्प है, न मुक्ति की ग्रन्थि का संचय है ॥१३॥ न भय है, न सुख दुःख है, न मान अपमान है। इन भावों से छुटा हुआ, वह ब्रह्म ग्रहण करने योग्य है और वही परम है ॥१४॥

यम, नियम, त्याग, मौन देश और काल। आसन, मूल बंध, देह की समानता और दृष्टि की स्थिरता ॥१५॥ प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा आत्म ध्यान और समाधि ये क्रम से अंग कहे हैं ॥१६॥ सब ब्रह्म है इस प्रकार के ज्ञान से और इन्द्रिय समूह का संयम यह यम कहा जाता है, इस प्रकार कहे हुए यम का वारम्वार अभ्यास करना चाहिये ॥१७॥ सजातीय

(मैं असंग ब्रह्म हूँ इस प्रकार) का प्रवाह और विजातीय (मैं जीव हूँ इस प्रकार) का तिरस्कार यह परानन्द रूप नियम विद्वानों से नियम से किया जाता है ॥१८॥ त्याग अत्यन्त पूज्य और शीघ्र मोक्ष का देने वाला है ॥१९॥ मन सहित वाणीं जिसको न प्राप्त करके निवृत्त होती है ऐसे योगियों को प्राप्त होने योग्य मौन का पण्डित सदा आचरण करे ॥२०॥ जो वाणी का विषय न हो उसे कौन कह सकता है ? यद्यपि प्रपंच का कथन हो सकता है, तो वह भी शब्द से रहित अनिर्वचनीय है ॥२१॥ अथवा जो सब स्वाभाविक हो जाय वह मौन है। वाणी का मौन तो वालकों के लिए है, ब्रह्मवादियों के लिये अयोग्य है ॥२२ जिसमें आदि अन्त और मध्य में जगत् नहीं है, जिस करके यह हमेशा व्याप्त है, वह देश निर्जन कहा गया है ॥२३॥ ब्रह्मा आदि सब भूतों की कल्पना निमेष (जितनी देर में पलक बन्द किए जांय उस काल—क्षण का १६२०० वाँ भाग) से है और अखण्ड आनन्द, अद्वितीय ब्रह्म काल शब्द से कहा गया है ॥२४॥ जिसमें नित्य ब्रह्म का चिंतवन सुख से ही हो, उसको आसन जाने, जो इससे अन्य प्रकार का है वह सुख का नाश करने वाला है ॥२५॥ सिद्धि प्राप्त करने के लिए सब भूतों के आदि रूप और विश्व के अद्वितीय अधिष्ठान आसन है जिसमें टिकने से सिद्धों को सिद्धि प्राप्त हुई है, उसको सिद्धासन कहते हैं ॥२६॥जो सब लोकों का मूल है, जो मूल चित्त का बंधन है, वह मूल बंध ब्रह्मवादियों को सेवन करने योग्य है ॥२७॥

Scanned by CamScanner

समान ब्रह्म में लीन होने को अङ्गों की समानता जाने, सूखे वृक्ष के समान सीधा रहना समानता नहीं है ॥२८॥ ज्ञानमयी दृष्टि करके जगत् को ब्रह्ममय देखे, वही दृष्टि परम उदार है, नासिका के अग्र भाग को देखने वाली उदार नही है ॥२९॥ अथवा जहाँ द्रष्टा, दर्शन और दृश्य का अन्त हो जाय वहां ही दृष्टि करनी चाहिये, नासिका के अग्र भाग को देखने वाली नहीं ॥३०॥ चित्त आदि सर्व भागो में ब्रह्म रूप की भावना करके सब वृत्तियों का रोकना प्राणायाम कहलाता है ॥३१॥ प्रपंच का निषेध करना रेचक कहा गया है। मैं ब्रह्म ही हूँ, यह वृत्ति पूरकवायु कहलाती है॥३२॥उस वृत्ति की निश्चलता कुंभक प्राणा याम है; यहप्राणायाम ज्ञानियों के लिएहै अज्ञानियों के लिएनाकका दबाना है॥३३॥ विषयोंमें आत्मपना देखकर मनका चैतन्य में रंग जाना प्रत्याहार जानना चाहिये, उसका बारम्बार अभ्यास करना चाहिए॥३४॥ जहाँ-जहाँ मन जाता है वहाँ-वहाँ ब्रह्म के देखने से मन की धारणा होती है, वह धारणा उत्तम मानी गई है ॥३५॥ 'मैं ही ब्रह्म हूँ' इस प्रकार की निरालम्ब सद्वृत्ति से परमानन्द देने वाली स्थिति का नाम ध्यान है ॥३६॥ और निर्विकार बुद्धि ब्रह्माकार होकर फिर वृत्ति का विस्मरण होना समाधि कहलाती है॥३७॥ जब तक इस प्रकार के अकृत्रिम (वास्तविक) आनन्द की प्राप्ति न हो तब तक साधु अच्छी प्रकार से अभ्यास करे; जब तक पुरुष का लक्ष्य स्वयं प्रत्यक्ष न हो जावे ॥३८॥ बाद योगीराज साधन से मुक्त होकर सिद्ध होता है तब उसके मन

और वाणी का विषय ही अपना स्वरूप हो जाता है ॥३९॥ परन्तु समाधि करते हुए विघ्न अवश्य आते हैं। अनुसन्धान का त्याग, आलस्य, भोग की इच्छा ॥४०॥ लय, अन्धकार, विक्षेप, तेज, पसीना और शून्यता, इस प्रकार के बहुत से विघ्न ब्रह्म ज्ञानियों को त्यागने चाहिए ॥४१॥ भाव वृत्ति से भावना है, शून्य वृत्ति से शून्यता है, ब्रह्म वृत्ति से पूर्णता है, उस (ब्रह्म वृत्ति) से पूर्णता का अभ्यास करे ॥४२॥ जो मनुष्य इस परम पवित्र ब्रह्म नाम वाली वृत्ति को छोड़ते हैं वे पशुओं के समान वृथा ही जीते हैं ॥४३॥ जो इस वृत्ति को जानते हैं और जान कर जो उसे बढ़ाते हैं वे पुरुष धन्य हैं, और तीनों लोकों में वन्दना करने योग्य हैं ॥४४॥ जिनकी वृत्ति समान होकर वृद्ध हुई है और फिर परिपक्व हुई है, वे ही सत्य ब्रह्म भाव को प्राप्त हुए हैं, दूसरे शब्दवादी नहीं प्राप्त होते ॥४५॥ ब्रह्म वार्ता में कुशल, वृत्तिहीन और राग वाले वे भी अज्ञानता के कारण बारम्बार आते जाते है ॥४६॥ वे (ज्ञानी) ब्रह्ममती वृत्ति के विना आधे क्षण भी नहीं टिकते जैसे कि ब्रह्मादि, सनकादि शुकादि टिकते हैं ॥४७॥ जिसका कार्य कारण रूप होता है, उसके कार्य में कारण ही उत्पन्न होता है। इस प्रकार कार्य के अभाव का विचार करने से स्वरूप से कारण नाश हो जाता है॥४८॥जब वाणी को अविषय रूप वस्तु शुद्ध होती है तब शुद्ध चित्त वालों को परम वृत्ति का ज्ञान उदय होता है ॥४९॥ तीव्र वेग से भावना की हुई जो वस्तु निश्चय स्वरूप है उसका दृश्य

Scanned by CamScanner

अदृश्य करके ब्रह्माकार से चिंतवन करे ॥५०॥ बुद्धि को चैतन्य रस से पूर्ण करके विद्वान् नित्य सुख में टिके ॥

दूसरा अध्याय ।

कुमार ने शिवजी से पूछा कि अखण्ड एक रस चिन्मात्र का स्वरूप कहिए । वे परम शिव बोले:—अखण्ड एक दृश्य है, अखण्ड एक रस जगत् है । अखण्ड एक रस भाव है, अखण्ड एक रस आप है ॥१॥ अखण्ड एक रस मन्त्र है, अखण्ड एक रस क्रिया है, अखण्ड एक रस ज्ञान है, अखण्ड एक रस जल है॥२॥ अखण्ड एक रस पृथ्वी है, अखण्ड एक रस आकाश है, अखण्ड एक रस शास्त्र है, अखण्ड एक रस श्रुति है॥३॥ अखण्ड एक रस ब्रह्म है, अखण्ड एक रस व्रत है, अखण्ड एक रस जीव है, अखण्ड एक रस अज है ॥४॥ अखण्ड एक रस ब्रह्मा है, अखण्ड एक रस विष्णु है । अखण्ड एक रस रुद्र है, अखंड एक रस मैं हूँ ॥५॥ अखंड एक रस आत्मा है, अखण्ड एक रस गुरु है, अखण्ड एक रस लक्ष्य है, अखण्ड एक रस महर्लोक है ॥६॥ अखण्ड एक रस देह है, अखण्ड एक रस मन है, अखण्ड एक रस चित्त है, अखण्ड एक रस मुख है॥७॥ अखण्ड एक रस विद्या है, अखण्ड एक रस अव्यय है, अखण्ड एक रस नित्य है, अखण्ड एक रस परम है ॥८॥ अखण्ड एक रस किंचित् है, अखण्ड एक रस पर है, अखण्ड एक रस से अन्य षडानन नहीं है, नहीं है ॥९॥ अखंड एक रस से नहीं है,

अखण्ड एक रस से निश्चय नहीं है, अखण्ड एक रस से कि है, अखण्ड एक रस से मैं हूँ ॥१०॥ अखण्ड एक रस स्थूल और सूक्ष्म अखण्ड स्वरूप वाला है, अखंड एक रस वेद्य अखंड एक रस आप हैं ॥११॥ अखंड एक रस गुह्य है, अ एक रसादिक हैं, अखंड एक रस जानने वाला है, अखंड रस स्थिति है ॥१२॥ अखंड एक रस माता है, अखंड एक पिता है । अखण्ड एक रस भाई है अखंड एक रस पति है ॥ अखंड एक रस सूत्रात्मा है, अखंड एक रस विराट है, अ एक रस शरीर है, अखंड एक रस शिर है ॥१४॥ अखंड रस भीतर है, अखण्ड एक रस बाहर है, अखण्ड एक रस है, अखंड एक रस अमृत है ॥१५॥ अखण्ड एक रस गोत्र अखण्ड एक रस घर है, अखण्ड एक रस गुप्त रखने योग्य अखण्ड एक रस चन्द्रमा है ॥१६॥ अखण्ड एक रस तारे अखण्ड रससूर्य है । अखण्ड एक रस क्षेत्र है, अखण्ड एक पृथ्वी है ॥१७॥ अखण्ड एक रस शान्त है, अखण्ड एक निर्गुण है, अखण्ड एक रस साक्षी है, अखण्ड एक सुहृद् है ॥ अखण्ड एक रस बन्धु है, अखण्ड एक रस सखा है, अख एक रस राजा है, अखण्ड एक रस नगर है ॥१९॥ अखण्ड रस राज्य है, अखण्ड एक रस प्रजा है, अखण्ड एक रस त (ऊंची ध्वनि) है, अखण्ड एक रस जप है ॥२०॥ अखण्ड रस ध्यान है, अखण्ड एक रस पद है, अखण्ड एक ग्रहण कर योग्य है, अखण्ड एक रस महान् है ॥२१॥ अखण्ड एक र

Scanned by CamScanner

ज्योति है, अखण्ड एक रस घन है, अखण्ड एक रस भोजन है, अखण्ड एक रस हवि है ॥२२॥ अखण्ड एक रस होम है, अखण्ड एक रस जप है, अखण्ड एक रस स्वर्ग है, अखण्ड एक रस आप हैं ॥२३॥ सब कुछ अखण्ड एक रस और चिन्मात्र हैं, इस प्रकार भावना करे। अखण्ड एक रस ऐसा परम चिन्मात्र ही चिन्मात्र है ॥२४॥ संसार से रहित चिन्मात्र है (और संसारी) सब चिन्मात्र ही है, यह सब चिन्मात्रमय, निश्चय चिन्मय ही है ॥२५॥ आत्म भाव और चिन्मय अखण्ड एक रस जानो सर्वलोक के चिन्मात्र तूने और मैंने को चिन्मय जानो ॥२६॥ आकाश, भूमि, जल, वायु, अग्नि, विष्णु, शिव जो किंचित् और किंचित् नहीं है, सब चिन्मात्र ही है ॥२७॥ सब अखंड एक रस हैं जो जो है चिन्मात्र ही है। भूत, वर्तमान और भविष्य सब चिन्मात्र ही है ॥२८॥ द्रव्य और काल चिन्मात्र है, ज्ञान ज्ञेय चित् ही है, ज्ञाता चिन्मात्र रूप है और सब चिन्मय ही है ॥२९॥ बोलना चिन्मात्र है, जो जो है चिन्मात्र ही है। असत् और सत् चिन्मात्र है, आदि और अंत सदा चिन्मय है ॥३०॥ आदि और अंत चिन्मात्र है, गुरु और शिष्य आदि चिन्मय है। यदि दृष्टि और दृश्य चिन्मात्र है तो सदा चिन्मय ही है ॥३१॥ सब आश्चर्य हो चिन्मात्र है देह भी चिन्मात्र है। लिंग, कारण चिन्मात्र सिवाय विद्यमान नहीं रहते ॥३२॥ मैं, तू भी चिन्मात्र हैं, मूर्त, अमूर्तादि चिन्मय हैं। पुण्य पाप चिन्मात्र हैं, जीव चिन्मात्र स्वरूप है ॥३३॥ चिन्मात्र से सिवाय संकल्प नहीं है, चिन्मात्र से सिवाय जानना

नहीं है, चिन्मात्र से सिवाय मन्त्रादि नहीं हैं, चिन्मात्र के सिवाय देवता नहीं है ॥३४॥ चिन्मात्र के सिवाय दिक्पाल नहीं हैं, चिन्मात्र से व्यवहार है, चिन्मात्र से परब्रह्म है, चिन्मात्र के सिवाय कोई भी नहीं है ॥३५॥ चिन्मात्र के सिवाय माया नहीं है, चिन्मात्र के सिवाय पूजन नहीं है। चिन्मात्र के सिवाय मानने योग्य नहीं हैं, चिन्मात्र के सिवाय सत्यता नहीं है ॥३६॥ चिन्मात्र के सिवाय कोशादि नहीं है, चिन्मात्र के सिवाय वसु नहीं हैं। चिन्मात्र के सिवाय मौन नहीं है, चिन्मात्र के सिवाय अमौनता नहीं है ॥३७॥ चिन्मात्र के सिवाय वैराग्य नहीं है, सब चिन्मात्र से ही है। जो और जितना चिन्मात्र है, जो और जितना दीखता है ॥३८॥ जो जितना और दूर स्थित सब चिन्मात्र ही है। जो और जितने भूतादि, जो और जितने समझ में आते हैं॥३९॥ जो और जितने वेदान्त हैं, सब चिन्मात्र ही हैं। चिन्मात्र के सिवाय गमन नहीं है, चिन्मात्र के सिवाय मोक्ष नहीं है ॥४०॥ चिनमात्र के सिवाय लक्ष्य नहीं है, सब चिन्मात्र ही है। अखंड एक रस ब्रह्म चिन्मात्र के सिवाय विद्यमान नहीं है॥४१॥ शास्त्रमें, मुझमें, तुझमें और ईशमें अखंड एक रस आप हैं। इस प्रकार जो एक रूपता से अथवा मैं ही है, इस प्रकार जानता है ॥४२॥ उसको एक बार ही ऐसा जानने से मुक्ति होती है। यथार्थ जानने से वह स्वयं गुरु होता है ॥४३॥

Scanned by CamScanner

तीसरा अध्याय ।

कुमार ने पिता से पूछा:—आत्मा का अनुभव फिर कहिए। वे परम शिव बोले;—मैं परब्रह्म स्वरूप हूं, मैं परमानन्द हूं, मैं केवल ज्ञान हूं, मैं केवल परम हूं ॥१॥मैं केवल शान्त रूप हूं। मैं केवल चिन्मय हूं। मैं केवल नित्य रूप हूं। मैं केवल सनातन हूं ॥२॥ मैं केवल सत्व रूप हूं, मुझको छोड़कर मैं ही मैं हूं। मैं सर्व रहित स्वरूप हूं, मैं चिदाकाशमय हूं ॥३॥ मैं केवल तुर्य रूप हूं, केवल तुर्यातीत हूं, सदा चैतन्य रूप हूं, मैं सच्चिदानंदमय हूं॥४॥ केवल आकार रूप हूं, मैं सदा शुद्ध रूप हूं। मैं केवल ज्ञान रूप हूं। मैं केवल प्रिय हूं॥५॥ निर्विकल्प स्वरूप हूं, चेष्टा रहित हूं, रोग रहित हूं। सदा असङ्ग स्वरूप हूं, मैं अव्ययनिर्विकार हूं,॥६॥ सदा एक रस रूप हूं सदा चिन्मात्र स्वरूप हूं, अपरिच्छिन्न रूप हूं। अखंड आनन्द रूप वाला हूं ॥७॥ सत्य परमानन्द रूप हूं, मैं चित्त परानन्द हूं। मैं वाणी और मन का अविषय भीतर और बाहर का रूप हूं ॥८॥ मैं आत्मानन्द स्वरूप हूं, मैं सदा सत्य आनन्द हूं। मैं आत्मा रामस्वरूप हूं, मैं ही सदा शिव आत्मा हूं ॥९॥ आत्म प्रकाश रूप हूं, मैं आत्म ज्योति रस हूं। आदि मध्य और अन्त से रहित हूं, मैं आकाश के समान हूं ॥१०॥ मैं नित्य, शुद्ध, चित्त आनन्द, अव्यय, सत्ता मात्र हूं, मैं नित्य, बुद्ध, विशुद्ध, एक सच्चिदानन्द हूं ॥११॥ नित्य शेष स्वरूप हूं, मैं सदा सब से अतीत हूं। रूप से अतीत स्वरूप, परमाकाश स्वरूप

हूं ॥१२॥ भूमा आनन्द स्वरूप हूं, मैं सदा भाषा रहित हूं। सबका अधिष्ठान रूप हूं, मैं हमेशा चैतन्य घन हूं ॥१३॥ देह भाव से रहित हूं। हमेशा चिन्ता से रहित हूं। मैं चित् वृत्ति रहित हूं, एक रस चिदात्मा हूं ॥१४॥ मैं सब दृश्य से रहित हूं, मैं ही दृष्टि रूप हूं। हमेशा पूर्ण रूप हूं। मैं सदा नित्य तृप्त हूं ॥१५॥ मैं ब्रह्म ही सब होऊं, मैं चैतन्य ही हूं। भूमि आकाश स्वरूप मैं ही मैं हूं ॥१६॥ मैं महान् आत्मा हूं, मैं ही पर से पर हूं। मैं ही अन्य के समान भासता हूं, मैं ही शरीर के समान हूं ॥१७॥ मैं शिष्य के समान भासता हूं, तीनों लोकों का आश्रय हूं। मैं तीनों काल से अतीत हूं, मैं वेदों से उपासना किया जाता हूं ॥१८॥ मैं शास्त्र से निर्णय किया गया हूं, मैं चित्त में स्थित हूं; मेरे सिवाय कुछ नहीं है, मेरे सिवाय पृथिवी नहीं है ॥१९॥ मेरे सिवाय जो जो हैं, वह नहीं है, निश्चय करो। मैं ब्रह्मा हूं, सिद्ध हूं, मैं सदा नित्य शुद्ध हूं ॥२०॥ मैं निर्गुण केवल आत्मा हूं, मैं सदा निराकार हूं। केवल ब्रह्म मात्र हूं, मैं अजर अमर हूं ॥२१॥ आप ही आप भासता हूं, आप ही सदा आत्म स्वरूप हूं। आप ही आत्मा में स्थित, आप ही परम गति हूं ॥२२॥

आप ही आप भोगता हूं, आप ही आप रमण करता हूं। आप ही ज्योति, आप ही आप महान् हूं ॥२३॥ आप अपने आत्मा को देखने को अपने आत्मा में आप प्रवेश करता हूं। अपने आत्मा की विशेष मात्रा से अपने आत्मा में ही सुख से बैठा हुआ हूं ॥२४॥ अपने चैतन्य में आप स्थित होता हूं, अपने

Scanned by CamScanner

आत्म राज्य के सुख में स्मरण करता हूँ, अपने आत्मा के सिंहासन पर बैठकर, आत्मा से अन्य का चिंतवन न करे ॥२५॥ चित् रूप मात्र ब्रह्म ही, सच्चिदानन्द रूप अद्वितीय आनन्द घन मैं हूँ, मैं केवल ब्रह्म हूँ ॥२६॥ मैं हमेशा सब से शून्य हूँ, मैं सर्वात्म आनन्द वाला हूँ, मैं नित्यानंद स्वरूप हूँ, मैं नित्य आत्माकाश हूँ ॥२७॥ मैं ही चैतन्य आदित्य स्वरूप वाला हृदय आकाश हूँ, आत्मा से आत्मा में तृप्त हूँ, मैं अव्यय, रूप रहित हूँ ॥२८॥ मैं नित्य मुक्त स्वरूप वाला एक की संख्या से रहित हूँ, मैं आकाश से भी सूक्ष्म हूँ, मैं आदि अंत के अभाव वाला हूँ ॥२९॥ मैं सर्व प्रकाश रूप हूँ, मैं वार पार सुख हूँ, मैं सत्ता मात्र स्वरूप हूँ, शुद्ध मोक्ष स्वरूप वाला हूं, ॥३०॥ मैं सत्य आनन्द स्वरूप हूं, मैं ज्ञान आनन्द घन हूं, मैं सच्चिदानन्द लक्षण वाला विज्ञान मात्र रूप हूं, ॥३१॥ यह सर्व ब्रह्म मात्र है, ब्रह्म के सिवाय कुछ नहीं हैं, वह सदानन्द मैं हूं, मैं ही सनातन ब्रह्म हूं ।३२॥ तू और यह वह और यह मेरे सिवाय कुछ नहीं है। मैं चित्त चैतन्य स्वरूप हूं मैं ही परम शिव हूं ॥३३॥ अत्यन्त भाव स्वरूप मैं हूं, मैं ही सुख स्वरूप हूं, साक्ष्य वस्तु के अभाव से मुझमें सदा साक्षीपना नहीं है ॥३४॥ केवल ब्रह्म मात्रपने से मैं सनातन आत्मा हूं, मैं ही आदि शेष हूं मैं ही मैं शेष हूं ॥३५॥ मैं नाम रूप रहित हूं मैं आनन्द स्वरूप हूँ, सर्व भाव स्वरूप वाला इन्द्रियों का अभाव रूप हूँ ॥३६॥ मैं सदा आनन्द स्वरूप बंधे और मोक्ष से रहित हूँ, मैं आदि चैतन्य मात्र हूँ, मैं अखंड

एक रस हूँ ॥३७॥ मैं वाणी और मनका अविषय हूँ, मैं सर्वत्र सुख वाला हूँ, मैं सर्वत्र पूर्ण रूप हूँ, मैं भूमा आनन्दमय हूँ ॥३८॥ मैं सर्वत्र तृप्त रूप हूँ, मैं परम अमृत का रस हूँ, एक अद्वितीय सत् ब्रह्म मैं ही हूँ, इसमें संशय नहीं है ॥३९॥ सब वेदों का विषय, सर्व सून्य स्वरूप हूँ, में मुक्त हूँ, में मोक्ष रूप हूँ निर्वाण सुखरूप वाला हूँ॥४०॥ में सत्य विज्ञानमात्र हूँ, मैं सन्मात्र आनंद वाला हूँ, मैं निर्विकल्प स्वरूप वाला तुरीयातीत रूप हूँ ॥४१॥ में सर्वदा अज रूप हूँ निरंजन, निरोग हूँ, मैं शुद्ध हूँ, बुद्ध हूँ, नित्य हूँ, मैं प्रभो हूँ ॥४२॥ ओकार का अर्थ स्वरूप हूँ, में निष्कलंक हूँ, चैतन्याकार स्वरूप हूँ, न मैं हूँ न वह मैं हूँ॥४३॥ व्यापार रहित स्वरूप वाला में किंचित् स्वरूप हूँ, में आभास रहित और अंश रहित हूँ, मैं न मन हूँ, न इन्द्रिय हूँ ॥४४॥ मैं न बुद्धि हूँ, न विकल्प हूँ न मैं देहादि तीनों हूँ, मैं जाग्रत स्वप्न रूप नहीं हूँ, न सुषुप्ति स्वरूप वाला हूँ ॥४५॥ न मैं तीन ताप रूप हूँ, न तीन ऐषना वाला हूँ, मुझ चैतन्य आत्मा में श्रवण और मनन सिद्ध नहीं होता ॥४६॥ मुझमें कुछ सजातीय नहीं है, न मुझमें कहीं विजातीय है, न मेरा कोइ स्वगत है, न मुझमें कहीं तीनों भेद हैं ॥४७॥ मन रूप असत्य है, बुद्धि रूप असत्य है। अहंकार की सिद्धि नहीं है इसलिये मैं नित्य शाश्वत और अजन्मा हूँ ॥४८॥ तीनों देहों को असत् जानो, तीनों काल को हमेशा असत् जानो, तीनों गुणों को असत् जानो, क्योंकि मैं ही एक पवित्र सत्य स्वरूप हूँ ॥४९॥सब सुने हुए को असत्य जानो, सब वेदों को

Scanned by CamScanner

सदा असत्य जानो, सब शास्त्रों को असत्य जानो, मैं ही सत्य चैतन्य स्वरूप हूँ ॥५०॥ तीनों मूर्तियों को असत्य जानो, सब भूतों को सदा असत्य जानो, तत्त्वों को असत्य जानो, मैं भूमा सदा शिव हूँ ॥५१॥ गुरू शिष्य को असत्य जानो, गुरू के मंत्रको असत्य जानो, जो दृश्य है उसको असत्य जानो, मुझे इस प्रकार का न जानो, ॥५२॥ जो चिंतवन करने योग्य है उसको असत्य जानो, जो न्याय है उसे सदा असत्य जानो। जो हित है उसको असत्य जानो, मुझे इस प्रकार का मत जानो ॥५३॥ सब प्राणों को असत्य जानो, सब भोगों को असत्य जानो। देखे हुए और सुने हुए को असत्य जानो ओत प्रोत सब असत्य मयहै ॥५४॥ कार्य अकार्य को असत्य जानो, नष्ट हुए और प्राप्त हुए को असत्य जानो। दुःख अदुःख को असत्य जानो, सर्व और असर्व को असत्य जानो ॥५५॥ पूर्ण अपूर्ण को असत्य जानो, धर्म अधर्म को असत्य जानो, लाभ अलाभ को असत्य जानो, जीत हार को असत्य जानो ॥५६॥ सब शब्दों को असत्य जानो, सब स्पर्शको सदा असत्य जानो, सब रूपको असत्य जानो सब रसोको असत्य जानो ॥५७॥ सर्व गँध को असत्य जानो, सर्व अज्ञान को असत्य जानो सदा सब असत्य ही है, संसारकी उत्पत्ति असत्य है ॥५८॥ सब गुण भी असत्य हैं, सत्य मात्र मैं ही हूं। अपने आत्म मंत्र को सदा देखें, अपने परम मंत्र का सदा अभ्यास करे ॥५९॥ "मैं ब्रह्म हूं" यह मंत्र दृश्य पापों का नाश करता है। "मैं ब्रह्म हूं" यह मंत्र अन्य मंत्रों का नाश करता है ॥६०॥ "मैं ब्रह्म हूं" यह मंत्र देह के दोषों का नाश करता है। "मैं ब्रह्म हूँ" यह मंत्र जन्मों के पाश

को नाश करता है ॥६१॥ "मैं ब्रह्म हूँ" यह मंत्र मृत्यु के पाश को नाश करता है "मैं ब्रह्म हूँ" यह मंत्र द्वैत के दुःख को नाश करता है ॥६२॥ "मैं ब्रह्म हूँ" यह मन्त्र बुद्धि को नाश करता है। "मैं ब्रह्म हूँ" यह मन्त्र चिंता के दुःख को नाश करता है॥६३॥ "मैं ब्रह्म हूँ" यह मन्त्र बुद्धि को व्यक्ति को नाश करता है। "मैं ब्रह्म हूँ" चित्त के बँधन को नाश करता है ॥६४॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र सब व्यक्तियों को नाश करता है। 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मंत्र सर्वशोक को नाश करता है ॥६५॥ 'मैं ब्रह्म' हूँ यह मन्त्र कामादि को क्षण भर में नाश कर देता है 'मैं ब्रह्म हूँ' क्रोध शक्ति को नाश करता है ॥६६॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र चित्त वृत्ति का नाश करता है। मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र संकल्प आदि को नाश करता है॥६७॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र करोड़ों दोषों को नाश करता है। 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र सब तन्त्रों को नाश करता है ॥६८॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र आत्मा के अज्ञान को नाश करता है। 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र आत्म लोक की जय को देने वाला है ॥६९॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र अखंड सुख का देने वाला है। 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र चैतन्यता को देता हैं॥७०॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र अनात्म रूप असुर को मारने वाला है। 'मैं ब्रह्म हूँ' यह वज्र अनात्म रूप पर्वतों को हरण करता है॥७१॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र अनात्म रूपी असुरों को हरण करता है। 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र उन सबसे छुड़ा देता है॥७२॥ 'मैं ब्रह्म हूँ' यह मन्त्र ज्ञान आनन्द को देता है। सात करोड़

Scanned by CamScanner

महामन्त्र हैं, वे सौ करोड़ जन्म के देने वाले हैं ॥७३॥ इसलिए इन सब मंत्रों को त्यागकर इसी मंत्र का अभ्यास करे। शीघ्र ही मोक्ष को प्राप्त करता है इसमें जरा सा भी सन्देह नहीं है ॥७४॥

चौथा अध्याय।

कुमार ने परमेश्वर से पूछा:—जीवन्मुक्त और विदेह मुक्त की स्थिति कहिए। वे परम शिव बोले:—में चिदात्मा हूं, परात्मा हूँ, मैं निर्गुण पर से पर हूँ ऐसा जानकर जो आत्म मात्र रूप से स्थित है वह जीवन्मुक्त कहलाता है ॥१॥ मैं तीनों देहों से भिन्न हूँ, मैं शुद्ध चैतन्य हूँ। मैं ब्रह्म हूँ, इस प्रकार का जिसका निश्चय है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है ॥२॥ मैं आनन्द घन रूप हूँ, परानन्द घन हूँ, जिसकी देहादिक नहीं है, जो ब्रह्म ही है इस प्रकार जिसका निश्चय है, जो परमानन्द से पूर्ण है वह जीवन्मुक्त कहलाता है ॥३॥ जिसको किंचित अहङ्कार नहीं है, जो चिन्मात्र रूप से स्थित है। चिन्मात्र जिसका (अन्तः) निश्चय है, जो एक चिन्मात्र स्वरूप वाला है ॥४॥ जो सर्वत्र पूर्ण रूप आत्मा है, सर्वत्र आत्म स्वरूप वाला, आनन्द रति वाला, अविकारी, परिपूर्ण चित्त स्वरूप वाला ॥५॥ शुद्ध चैतन्य रूप सर्व सङ्ग से रहित, नित्य आनन्द स्वरूप, प्रसन्न आत्मा और जो अन्य चिंताओं से रहित ॥६॥ जो किंचित् अस्तित्व से भी रहित है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। न मेरा चित्त है, न मेरी बुद्धि और अहङ्कार है, न इन्द्रियाँ हैं ॥७॥

न मेरा कभी देह है न मेरे कहीं प्राणादिक हैं न मेरी माया है न मेरा काम है, न मेरा क्रोध है, मैं पर हूँ ॥८॥ न मेरा किंचित् यह है, न मेरा किंचित कहीं जगत् है, न मेरा दोष है, न मेरा लिंग है, न मेरे नेत्र हैं, न मेरा मन है ॥९॥ न मेरे कान हैं, न मेरी नासिका है, न मेरी जिह्वा है. न मेरे हाथ हैं, न मेरा जाग्रत है न मेरा स्वप्न है, न मेरा जरासा भी कारण है ॥१०॥ न मेरा तुरीय है, ऐसा जो है सो जीवन्मुक्त कहलाता है। यह सब मेरा कुछ नहीं है यह सब मेरा कहीं नहीं है ॥११॥ न मेरा काल है, न मेरा देश है, न मेरी वस्तु है, न मेरी बुद्धि है न मेरा स्नान है न मेरी संध्या है, न मेरा देव है, न मेरा मन्दिर है ॥१२॥ न मेरा तीर्थ है, न मेरी सेवा है, न मेरा ज्ञान है, न मेरा पद है, न मेरा बन्धन है न मेरा जन्म है, न मेरा बचन है, न मेरा सूर्य है ॥१३॥ न मेरा पुण्य है, न मेरा पाप है, न मेरा कार्य है, न मेरा शुभ है, न मेरा जीव है, इस प्रकार मेरे—स्वात्मा में तीनों जगत् किंचित् भी नहीं हैं ॥१४॥ न मेरा मोक्ष है, न मेरा द्वैत है, न मेरा वेद है, न मेरी विधि है ,न मेरा पास है, न मेरा दूर है, न मेरा बोध है, न मेरा एकांत है ॥१५॥न मेरा गुरु है, न मेरा शिष्य है, न मेरा न्यून है, न मेरा अधिक है, न मेरा ब्रह्मा है, न मेरा विष्णु है, न मेरा रुद्र है, न चन्द्रमा है ॥१६॥ न मेरी पृथ्वी है, न मेरा जल है, न मेरा वायु है, न मेरा आकाश है, न मेरा अग्नि है, न मेरा गोत्र है, न

Scanned by CamScanner

मेरा लक्ष्य है, न मेरा संसार है ॥१७॥ न मेरा ध्याता है, न मेरा ध्येय है, न मेरा ध्यान है, न मेरा मंत्र है, न मेरा शीत है, न मेरा उष्ण है, न मेरी प्यास है, न मेरी भूख है ॥१८॥ न मेरा मित्र है, न मेरा शत्रु है, न मेरा मोह है, न मेरा जय है, न मेरा आगे है, न मेरा पीछे है, न मेरा ऊपर है, न मेरी दिशा हैं ॥१९॥ न मेरा जरा सा भी वक्तव्य—कहने योग्य है, न मेरा जरा सा भी श्रोतव्य सुनने योग्य है। न मेरा थोड़ा सा भी मन्तव्य है, न मेरा जरा सा भी ध्यातव्य है॥२०॥न मेरा जरा सा भी भोक्तव्य है, न मेरा जरा सा भी स्मरण करने योग्य है, न मेरा भोगहै न मेरा रोगहै, न मेरा योग है, न मेरा लय है ॥२१॥ न मेरी मूर्खता है, न मेरी शाँति है, न मेरा बंध है, न मेरा प्रिय है। न मेरा मोद, प्रमोद है, न मेरा मोटा है, न मेरा पतला है ॥२२॥ न मेरा लम्बा है, न मेरा छोटा हैं, न मेरी वृद्धि है, न मेरा नाश है। न मेरा अध्यारोप अथवा अपवाद है, न मेरा एक है, न मेरे बहुत हैं ॥२३॥ न मेरा अंधपना है, न मेरा मंदपना है, न मेरी जरासी भी चातुर्यता है। न मेरा मांस है, न मेरा रक्त है, न मेरा मेद है, न मेरी चर्बी है ॥२४॥ न मेरी मज्जा है, न मेरी हड्डी है, न मेरी त्वचा है, न मेरे सात प्रकार के धातु हैं। न मेरा सफेद है, न मेरा लाल है, न मेरा नीला है, न मेरा पृथक् है॥२५॥ न मेरा ताप है, न मेरा लाभहै, मेरा मुख्य गौण कुछ भी नहीं है। न मेरी भ्रांति है, न मेरी स्थिरता है न मेरा गुप्त है न मेरा कुल है॥२६॥ न मेरा त्याज्य है, न मेरा ग्राह्य है, न मेरा हास्य है, न मेरी नीति है, न मेरा वृत्त है, न मेरी

ग्लानि है, न मेरा सोच है, न मेरा सुख है ॥२७॥ न मेरा ज्ञाता है, न मेरा ज्ञान है, न मेरा ज्ञेय है, न मेरा स्वयं है, न मेरा तू पना है, न मेरा मैं पना है, न मेरा तूहै, न मेरा मैं है ॥२८॥ न मेरा बुढ़ापा है, न मेरा बालकपन है, न जरासा भी यौवन है। मैं ब्रह्म हूँ, मैं ब्रह्म हूँ, मैं ब्रह्म हूँ, इस प्रकार निश्चय है ॥२९॥ मैं चेतन्य हूँ, ऐसा वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। ब्रह्म ही मैं हूँ, चित्त ही मैं हूँ, मैं पर हूँ, इसमें संशय नहीं है ॥३०॥ आप ही आप हंस हूँ आप ही आप स्थित, आप ही आप को देखे, अपने आत्म राज्य में सुख से निवास करे ॥३१॥ अपने आत्मानन्द को आप भोगे, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। आगे आप ही एक वीर, आप ही प्रभु स्मरण किया गया, अपने स्वरूपमें आप आनन्द माने वह जीवन्मुक्त कहलाताहै ॥३२॥ब्रह्म स्वरूप शान्त आत्मा, ब्रह्मानन्द युक्त, सुखी। स्वच्छ रूप महा मौनीं, वह विदेह मुक्तहै ॥३३॥ सर्वात्मा, समान रूप आत्मा, शुद्ध आत्मा, और मैं के उत्थान रूप एक से रहित एक आत्मा, सब की आत्मा, अपना आत्म मात्र स्वरूप ॥३४॥ अज आत्मा और अमृत आत्मा सब मैं हूँ, स्वयं निर्विकार आत्मा मैं हूं। लक्ष आत्मा, सुन्दर आत्मा मैं हूँ, चुपचाप आत्म स्वभाव वाला मैं हूँ ॥३५॥आनन्द आत्मा, प्रिय आत्मा, मोक्ष आत्मा, बंध से रहित, ब्रह्म ही मैं हूँ, अथवा चित् ही मैं हूँ, इस प्रकार भी वह चिंतवन नहीं करता ॥३६॥

जो चिन्मात्र से ही स्थित हो, वह ही विदेह मुक्त है ॥३७॥ निश्चय मैं ब्रह्म हूँ, इस निश्चय को भी त्याग कर आनन्द से

Scanned by CamScanner

परिपूर्ण आंतर वाला हो वह ही विदेह मुक्त है ॥३८॥ सर्व है तथा नहीं है इस प्रकार के निश्चय को त्याग कर टिकता है। मैं ब्रह्म हूँ और नहीं हूँ इस प्रकार सच्चिदानन्द मात्र स्वरूप मैं हूँ, ॥३९॥ वह किंचित्, कहीं कभी आत्मा का स्पर्श नहीं करता चुप ही स्थित है चुपचाप, और कुछ सत्य नहीं है ॥४०॥ वह परमात्मा, गुणों से अतीत, सर्वात्मा, भूत भावन है। काल भेद, वस्तु भेद, देशभेद, स्वभेद॥४१॥ ऐसा उसको किंचित् भी भेद नहीं है। अथवा मैं, तू, यह, वह किंचित् भी विद्यमान नहीं है। यह काल का आत्मा, काल से रहित है ॥४२ यह शून्य आत्मा, सूक्ष्म रूप आत्मा, विश्व आत्मा, विश्व से रहित है। देव आत्मा, देव रहित आत्मा मेय आत्मा, मेय रहित है ॥४३॥ वह सर्वत्र जड़ रहित आत्मा, सब का आंतरात्मा सब संकल्पों से रहित आत्मा, ऐसा मैं हमेशा चिन्मात्र हूँ, ॥४४॥ मैं केवल परमात्मा हूँ, केवल ज्ञान स्वरूप हूँ। सत्तामात्र स्वरूप आत्म हूँ, जगत् का अन्य किंचित् भी भय नहीं है ॥४५॥जीव ईश्वर की वाणी कहां, इसी प्रकार वेद शास्त्रादि कहां और मैं कहां ? यह चैतन्य ही है, मैं भी चैतन्य ही हूँ ॥४६॥ जो इस प्रकार के निश्चय से भी जो शून्य है, वह ही विदेह मुक्त है। चेतन्य मात्र ससिद्ध, अपने आत्मा में प्रसन्न सुख से बैठा हुआ ॥४७॥ जो अपरिच्छिन्न अणु स्थूल आदि से रहित तुर्य का तुर्य परानन्द है, वह ही विदेह मुक्त है ॥४८॥ वह नाम रूप रहित संवित्से पर, सुखस्वरूप, तुरीयसे अतीतरूप शुभ अशुभ से रहित है ॥४९॥वह योग रूप और योग युक्त आत्मा

बंध मोक्ष से रहित है गुण अगुण से रहित देश काल आदि से रहित है ॥५०॥ साक्ष्य, साक्षी से रहित (यदि ऐसा) वह कुछ है (ऐसा कहो तो वह ठीक नहीं है) वह कुछ भी नहीं है। जिस को न प्रपंच का भान है, न ब्रह्माकार का भान है ॥५१॥ वह अपने स्वरूप में आप प्रकाशता है, अपने स्वरूप में आप प्रेम रखता है। उसका आनंद वाणी का अविषय है और वह आप वाणी और मनका अविषय है ॥५२॥ इस प्रकार जो पर से भी पर भाव वाला है, वह ही विदेह मुक्त है। चित् वृत्ति से अतीत जो चित् वृत्ति का प्रकाशक है ॥५३॥ और सर्व वृत्ति से रहित है, वह ही विदेह मुक्त है। उस काल में 'मैं विदेही हूं' इस प्रकार देह स्मरण से वह रहित है ॥५४॥ यदि कुछ भी स्मरण हो तो सब वह से युक्त है यानी विदेह नहीं है। उसका बाहरी स्वरूप दूसरों से अदृष्ट है और वह परमानन्द चैतन्यघन है ॥॥५५॥ औरों को न दीखता हुआ उसका बाह्य आत्मा सब वेदान्तों का विषय है। वह ब्रह्म रूप अमृत का रसास्वाद है, ब्रह्म रूपी अमृत रसायन है ॥५६॥ ब्रह्म रूपी अमृत रस युक्त है, ब्रह्म रूप अमृत का रस आप है, ब्रह्म रूपी अमृत के रस में मग्न होकर ब्रह्मानन्द से शिवका पूजन करता है ॥५७॥ ब्रह्म रूप अमृत के रस से तृप्त हुआ वह ब्रह्मानन्द का अनुभव करने वाला है। वह ब्रह्मानन्द और शिवानन्द रूप है और ब्रह्मानन्द रस का प्रकाश करने वाला है ॥५८॥ ब्रह्मानन्द परम ज्योति है, ब्रह्मानन्द अखंड है। ब्रह्मानन्द के रस से ब्रह्मानन्द का कुटुम्ब रूप नाद है ॥५९॥ वह

Scanned by CamScanner

ब्रह्मानन्द रस युक्त है, ब्रह्मानन्द एक चित् घन है और ब्रह्मानन्द रस का प्रवाह है, ब्रह्मानन्द रस से पूर्ण है ॥६०॥ वह ब्रह्मानन्द रूपी मित्रों से युक्त है, ब्रह्मानन्द आत्मा में स्थित है, उसके लिये यह सब आत्म रूप है, आत्मा से भिन्न कुछ नही है ॥६१॥ सब आत्मा है, मैं आत्मा हूँ, परम आत्मा हूं, पर आत्मा हूँ, । शिवानन्द स्वरूप आत्मा हूँ ऐसा अनुभव करे वह ही विदेह मुक्त है, ॥६२॥ जो पूर्ण रूप महान् आत्मा है जिनको आत्मा ही प्रिय है, जो शाश्वत सबका अन्तर्यामी रूप है निर्मल और निरात्मा स्वरूप है ॥६३॥ जो निर्विकार स्वरूप, शुद्ध, शांत रूप वाला तथा शाँत और अशाँत दोनों स्वरूप हैं, जिसको आत्मा के नानापना का भाव नहीं है ॥६४॥

जो जीवात्मा और परमात्मा इस प्रकार के सब चिंतवनसे रहित मुक्त अमुक्त स्वरूप और मुक्त अमुक्त भाव से रहित है ॥६५॥ बंध मोक्ष स्वरूप और बंध मोक्ष से रहित, द्वैत अद्वैत स्वरूप और द्वैत अद्वैत से रहित ॥६६॥ सर्व असर्व स्वरूप और सर्व असर्व से रहित, मोद प्रमोद रूप और मोद आदि से रहित है ॥६७॥ तथा सब संकल्पों से रहित, वह ही विदेह मुक्त है। जो पाप रहित, निर्मल, प्रबुद्ध, पुरुष स्वरूप ॥६८॥ आनंदादि से रहित, अमृतमय और अमृत स्वरूप, तीन काल स्वरूप और तीनों काल से रहित है ॥६९॥ जो संपूर्ण, प्रमाण न करने योग्य, जो प्रमाण रूप और प्रमाण से रहित जो नित्य प्रत्यक्ष रूप, नित्य प्रत्यक्ष रूप नित्य प्रत्यक्षनिर्णय किया गया हुआ ॥७०॥

अन्य से रहित स्वभाव वाला, अन्य से रहित स्वयं प्रकाश, जो विद्या और अविद्या से अनुमान करने योग्य परन्तु विद्या अविद्या से रहित है ॥७१॥ जो नित्य अनित्य से रहित, यहाँ और वहां से रहित, शम आदि छःओं से रहित, मुमुक्षता आदि से रहित ॥७२॥ स्थूल देह से रहित, सूक्ष्म देह से रहित, कारण आदि से रहित, तुरीय आदि से रहित ॥७३॥ अन्नकोश से रहित, प्राणकोश से रहित, मनोमयकोश से रहित, विज्ञान आदि कोशों से रहित॥७४॥ आनन्दकोश से रहित तथा पंच कोशों से रहित है। जो निर्विकल्प स्वरूप, विकल्प से रहित॥७५॥ दृश्य के सम्बन्ध से रहित और शब्द के सम्बन्ध से रहित है; जो सदा समाधि से शून्य, आदि, मध्य और अन्त से रहित॥७६॥ प्रज्ञान वाक्य से रहित, 'अहं ब्रह्मास्मि' से रहित। 'तत्वमसि' आदि से रहित, 'अयमात्मा ब्रह्म' से रहित ॥७७॥ ओंकार वाच्य से रहित, सर्व वाच्य से रहित, तीनों अवस्थाओं से रहित, नाश रहित, चेतन स्वरूप॥७८॥ आत्मा अब जिसको ज्ञेय नहीं है, जो कुछ है यह है, इस स्वरूप वाला तथा जो भान और अभान से रहित है, वह ही विदेह मुक्त है ॥ ७९॥ आत्मा को ही देख, अपने आत्मा ही को जान, हे षडानन ! अपने आत्मा को ही आप भोग और स्वस्थ हो ॥८०॥ अपने आत्मा में ही आप तृप्त होकर अपने आत्मा में आप विचर। आत्मा में ही मोद-आनन्द कर और विदेह मुक्त हो, यह उपनिषत् है ॥

Scanned by CamScanner

पांचवां अध्याय।

निदाघ नाम मुनि ने ऋभु से पूछा—हे भगवन्! आत्म अनात्म का विवेक कहिए। वे ऋभु बोले:—ब्रह्म सब वाणियों की अवधि है, गुरु सब चिंताओं की अवधि है। आत्मा सबका कारण और कार्य है परन्तु स्वयं कार्य कारण से रहित है ॥१॥ वह सब संकल्प से रहित, सर्व नादमय शिव है। सबसे रहित चिन्मात्र है, सर्व आनन्दमय है पर है॥२॥ सर्व तेज रूप प्रकाश रूप है, नाद आनन्दमय आत्मा है। सब अनुभवों से मुक्त, सर्व ध्यान से रहित है ॥३॥ सब नाद कलाओं से अतीत अव्यय और आत्म अनात्म विवेक आदि भेद अभेद से रहित ऐसा यह आत्मा मैं हूँ॥४॥शांत अशांत से रहित जो नाद का आंतर्ज्योति रूप है, जो महा वाक्य के अर्थ से दूर है, 'ब्रह्मास्मि' से अति दूर है ॥५॥ तत् शब्द से रहित, त्वं शब्द से रहित तथा वाक्य के अर्थ से रहित है, जो क्षर अक्षर से रहित है, वह ही नाद का आन्तर्ज्योति है ॥६॥ अखंड एक रस अथवा 'मैं आनन्द हूँ' इससे रहित, सबसे अतीत स्वभाव वाला, वही नाद का आन्तर्ज्योति है ॥७॥आत्म शब्द से रहित तथा जो आत्म के शब्दार्थ से रहित है तथा जो सच्चिदानन्द से रहित है ऐसा ही यह सनातन आत्मा है ॥८॥ इसका कथन करना अशक्य है, जो वेदवाक्यों से अगम्य है, जिससे बाहर कुछ नहीं है, भीतर कुछ नहीं है और न कुछ है ॥९॥जिसका कार्य और कारण ब्रह्म ही है ऐसा आत्मा

हो है, इसमें संशय नहीं है; जिसका शरीर नहीं अथवा जीव नहीं है तथा भूत भौतिक नहीं है ॥१०॥ जिसका नाम रूप, भोज्य, भोग अथवा भोक्ता नहीं है, जो सत्, असत् नहीं है अथवा जिसकी स्थिति भी नहीं है, जो क्षर अक्षर नहीं हैं ॥११॥ गुणी अथवा गुण रहित भी नहीं है, वह सम आत्मा ही है, इसमें संशय नहीं है। जिसका वाच्य, वाचक अथवा श्रवण मनन नहीं है ॥१२॥अथवा जिसमें गुरु शिष्यादि भेद, देव, लोक, सुर, असुर, अथवा धर्म अधर्म अथवा शुद्ध अशुद्ध जरा भी नहीं है ॥१३॥जिसमें काल अकाल, निश्चय या संशय नहीं है, जिसमें मन्त्र अमन्त्र अथवा विद्या अविद्या नहीं है ॥१४॥ जिसमें द्रष्टा, दर्शन, दृश्य जरा सा नाम मात्र भी हो तो अनात्मत्व का प्रसङ्ग आता है अथवा अनात्म मन ॥१५॥ अथवा अनात्म जगत् भी जहाँ नहीं है, कभी भी नहीं है, इस प्रकार निश्चय कर वह सर्व संकल्प शून्य होने से, सर्व कार्य रहित होने से ॥१६॥ केवल ब्रह्म मात्र होने से, अनात्मा नहीं है, ऐसा निश्चय कर। तीनों देह रहित होने से, तीनों काल रहित होने से ॥१७॥ जीव के तीनों गुणों के अभाव से, तीनों ताप से रहित होने से, तीनों लोक रहित होने से सब आत्मा है, इस प्रकार के उपदेश से (यह अनात्म नहीं है, ऐसा निश्चय कर) ॥१८॥ उसके चित्त के अभाव से चिंतवन करने योग्य और देह के अभाव से बुढ़ापा नहीं है, पैरों के अभाव से उसकी गति नहीं है, हाथ के अभाव से क्रिया नहीं है ॥१९॥ जीव के

Scanned by CamScanner

पांचवां अध्याय ।

निदाघ नाम मुनि ने ऋभु से पूछा—हे भगवन्! आत्म अनात्म का विवेक कहिए। वे ऋभु बोले:—ब्रह्म सब वाणियों की अवधि है, गुरु सब चिंताओं की अवधि है। आत्मा सबका कारण और कार्य है परन्तु स्वयं कार्य कारण से रहित है ॥१॥ वह सब संकल्प से रहित, सर्व नादमय शिव है। सबसे रहित चिन्मात्र है, सर्व आनन्दमय है पर है॥२॥ सर्व तेज रूप प्रकाश रूप है, नाद आनन्दमय आत्मा है। सब अनुभवों से मुक्त, सर्व ध्यान से रहित है।३॥ सब नाद कलाओं से अतीत अव्यय और आत्म अनात्म विवेक आदि भेद अभेद से रहित ऐसा यह आत्मा मैं हूँ॥४॥शांत अशांत से रहित जो नाद का आत्मज्योति रूप है, जो महा वाक्य के अर्थ से दूर है, 'ब्रह्मास्मि' से अति दूर है ॥५॥ तत् शब्द से रहित, त्वं शब्द से रहित तथा वाक्य के अर्थ से रहित है, जो क्षर अक्षर से रहित है, वह ही नाद का आत्मज्योति है ॥६॥ अखंड एक रस अथवा 'मैं आनन्द हूँ' इससे रहित, सबसे अतीत स्वभाव वाला, वही नाद का आत्म-ज्योति है ॥७॥आत्म शब्द से रहित तथा जो आत्म के शब्दार्थ से रहित है तथा जो सच्चिदानन्द से रहित है ऐसा ही यह सनातन आत्मा है ॥८॥ इसका कथन करना अशक्य है, जो वेदवाक्यों से अगम्य है, जिससे बाहर कुछ नहीं है, भीतर कुछ नहीं है और न कुछ है ॥९॥जिसका कार्य और कारण ब्रह्म ही है ऐसा आत्मा

ही है, इसमें संशय नहीं है; जिसका शरीर नहीं अथवा जीव नहीं है तथा मृत भौतिक नहीं है ॥१०॥ जिसका नाम रूप, भोक्ता, भोग अथवा भोक्ता नहीं है, जो सत्, असत् नहीं है अथवा जिसकी स्थिति भी नहीं है, जो क्षर अक्षर नहीं है ॥११॥ गुणी अथवा गुण रहित भी नहीं है, वह सब आत्मा ही है, इसमें संशय नहीं है। जिसका वाच्य, वाचक अथवा अवगम मनन नहीं है ॥१२॥अथवा जिसमें गुरु शिष्यादि भेद, देव, लोक, सुर, असुर, अथवा धर्म अधर्म अथवा वृद्ध अवृद्ध जरा भी नहीं है ॥१३॥जिसमें काल अकाल, निश्चय या संशय नहीं है, जिसमें मन्त्र अमन्त्र अथवा विद्या अविद्या नहीं है ॥१४॥ जिसमें द्रष्टा, दर्शन, दृश्य जरा सा नाम मात्र भी हो तो अनात्मत्व का प्रसङ्ग आता है अथवा अनात्म मन ॥१५॥ अथवा अनात्म जगत् भी जहाँ नहीं है, कभी भी नहीं है, इस प्रकार निश्चय कर वह सर्व संकल्प शून्य होने से, सर्व कार्य रहित होने से ॥१६॥ केवल ब्रह्म मात्र होने से, अनात्मा नहीं है, ऐसा निश्चय कर। तीनों देह रहित होने से, तीनों काल रहित होने से ॥१७॥ जीव के तीनों गुणों के अभाव से, तीनों ताप से रहित होने से, तीनों लोक रहित होने से सब आत्मा है, इस प्रकार के उपदेश से (यह अनात्म नहीं है, ऐसा निश्चय कर) ॥१८॥ उसके चित्त के अभाव से चिंतवन करने योग्य और देह के अभाव से बुढ़ापा नहीं है, पैरों के अभाव से उसकी गति नहीं है, हाथ के अभाव से क्रिया नहीं है ॥१९॥ जीव के

Scanned by CamScanner

अभाव से मृत्यु नहीं है, बुद्धि के अभाव से सुखादिक नहीं हैं, धर्म नहीं है, पवित्र नहीं है, सत्य नहीं है और भय नहीं है ॥२०॥ उसके लिये अक्षरों का उच्चारण नहीं है, गुरु शिष्यादि भी नहीं है; एक के अभाव में दूसरा नहीं है और दूसरे के अभाव में एकता नहीं है ॥२१॥ सत्यता है तो किंचित् असत्य सम्भव नहीं है और यदि सत्यता होवे तो सत्यता न घटेगी ॥२२॥ यदि शुभ है तो अशुभ जान क्योंकि अशुभ से शुभ कहा जाता है, यदि भय है तो अभय जान, अभय से भय प्राप्त होवे ॥२३॥ बंध है तो मोक्ष है, बंध के अभाव में मोक्षता कहां ? यदि मरण हो तो जन्म हो, जन्म के अभाव में मरण नहीं है ॥२४॥ यदि तू हो तो मैं हो, तू नहीं तो मैं भी नहीं। यह है तो वह है, वह के अभाव में यह नहीं है ॥२५॥ है है तो नहीं है, नहीं है तो है किंचित् नहीं है कार्य है तो कुछ कारण भी है, कार्य के अभाव में कारण नहीं है ॥२६॥ द्वैत है तो अद्वैत है द्वैत के अभाव में दोनों नहीं हैं। यदि दृश्य है तो द्रष्टा भी है, दृश्य के अभाव में द्रष्टा भी नहीं है ॥२७॥ यदि भीतर है तो बाहर है, भीतर के अभाव में बाहर नहीं है। पूर्णता है तो कुछ अपूर्णता उत्पन्न करती है ॥२८॥ इसलिये यह तू, यह मैं, ये ऐसा कहीं नहीं है। सत्य में दृष्टांत नहीं है अत्र में दृष्टान्त नहीं है ॥२९॥ परब्रह्म मैं हूं, इस प्रकार स्मरण करने वाला मन नहीं है, यह जगत् ब्रह्म मात्र है, मैं और तू भी ब्रह्म मात्र है ॥३०॥ मैं केवल चिन्मात्र हूँ, अनात्मा नही हूँ, इस प्रकार निश्चय कर। यह प्रपंच

है ही नहीं न कहीं उत्पन्न हुआ है, न कहीं स्थित है ॥३१॥ चित्त को प्रपंच कहते हैं वह सर्वदा नहीं है; न प्रपंच है, न चित्तादि न अहंकार, न जीव ॥३२॥ माया के कार्य आदिक नहीं है, माया नहीं है और भय नहीं है। कर्ता नहीं है, क्रिया नहीं है, श्रवण मनन नहीं हैं, ॥३३॥ दो प्रकार की समाधि नहीं है, प्रताप प्रमाण आदि नहीं है अज्ञान भी नहीं है अविवेक भी कभी नहीं है ॥३४॥ तथा चार अनुबंध और तीन संबंध भी नहीं है। न गंगा न गया सेतु है न भूत है न अन्य ही है ॥३५॥ न कहीं भूमि है न जल है न अग्नि है न वायु है न आकाश है न देवता न दिक्पाल न वेद न गुरु है ॥३६॥ न कहीं दूर न पास न कहीं अन्त है न मध्य है न कहीं स्थिति है न द्वैत है न अद्वैत है न सत्य है न असत्य है न यह है ॥३७॥ बंध मोक्षादिक नहीं है सत् या असत् या सुखादि या जाति नहीं है गति नहीं है वर्ण नहीं है न लौकिक है ॥३८॥ सब ही ब्रह्म है ब्रह्म नहीं है इस प्रकार भी नहीं है। चित्त ही है और नहीं भी हैं मैं चित् हूँ इस प्रकार कहना नहीं है ॥३९॥ मैं ब्रह्म हूं ऐसा नहीं है या मैं नित्य शुद्ध हूँ यह नहीं है वाणी से कहा हुआ या मन से माना हुआ कुछ भी नहीं है ॥४०॥ बुद्धि से निश्चय किया हुआ वह नहीं है चित्त से जाना हुआ नहीं है योगी का योगादि नहीं है सदा सब सदा सब नहीं है ॥४१॥वह दिन रात्रि आदिक नहीं है स्नान ध्यान आदिक नही है भ्रांति नही है अनात्मा नही है ऐसा निश्चय कर ॥४२॥ वेद

Scanned by CamScanner

शास्त्र पुराण कार्य कारण ईश्वर लोक भूत प्रजा एकता सब मिथ्या हैं इसमें संशय नहीं है ॥४३॥

बंध मोक्ष सुख दुःख ध्यान चित्त सुर असुर गौण मुख्य पर और अन्य सब मिथ्या है इसमें संशय नहीं है ॥४४॥वाणी जोकुछ कहती है संकल्पों से कुछ कल्पा जाता है मन से जो चिंतवन किया जाता है सब मिथ्या है इसमें संशय नहीं है ॥४५॥ जो कुछ बुद्धि से निश्चय किया जाता है चित्त से जो कुछ निश्चय किया जाता है शास्त्र से जो रचा जाता है नेत्रों से जो जो देखा जाता है ॥४६॥ कानों से जो सुना जाता है जो अन्य सद्भाव है तथा नेत्र कान और शरीर यह सब मिथ्या है यह अच्छी प्रकार से निश्चय किया गया है ॥४७॥ यह इस प्रकार ही कहागया है। यह इस प्रकार ही कल्पा गया है। तू मैं वह यह वह मैं और अन्य सद्भाव॥४८॥ जो कुछ लोक में प्रतीत होता है सब संकल्प और भ्रम है। सब अभ्यास है सब गोप्य है सब भोगों का भेद है ॥४९॥ सब दोषों के भेद से है, आनात्मा नहीं है, ऐसा निश्चय कर। मुझ और तुझ मेरा और तेरा ॥५०॥ मेरे लिये तेरे लिये मुझसे इत्यादि यह सब मिथ्या हो। रक्षक विष्णु है इत्यादि, ब्रह्मा सृष्टि का कारण ॥५१॥ और संहार रुद्र करता है यह सब मिथ्या है ऐसा निश्चय कर। स्नान, जप, तप होम, स्वाध्याय, देव पूजन ॥५२॥ मंत्र, तंत्र, सत्सङ्ग, गुण दोष बताना, अन्तःकरण का सद्भाव, अविद्या का संभव ॥५३॥ तथा

अनेक करोड़ ब्रह्मांड सब मिथ्या हैं, ऐसा निश्चय कर। सब उपदेशकों की वाणी का कथन, जिस किसी का निश्चय किया हुआ ॥५४॥ जो कुछ जगत में दीखता है, जो कुछ जगत् में देखा जाता है; जो जो जगत् में वर्तता है; सब मिथ्या है ऐसा निश्चय कर ॥५५॥ जिस किसी अक्षर कर के कहा हुआ जिस किसी से निश्चय किया हुआ जिस किसी से कहा हुआ जिस किसी से विचारा हुआ ॥५६॥ जिस किसी से जो दिया गया जिस किसी से जो किया गया; जहाँ जहाँ शुभ कर्म है जहाँ जहाँ अशुभ कर्म है ॥५७॥ जो जो तू करता है सच मुच सब मिथ्या हैं ऐसा निश्चय कर। तू ही परमात्मा है। तू हो परम गुरु है ॥५८॥ तू ही आकाश रूप है, तू हमेशा साक्षी रहित है, तू ही सर्व भाव है तू ब्रह्म है, इसमें संशय नहीं है ॥५९॥ तू काल रहित है, सदा चैतन्य परब्रह्म है। सर्व प्रकार से तू अपना ही स्वरूप है, तू चैतन्य घन स्वरूप है ॥६०॥ तू सत्य है, तू सिद्ध है, तू सनातन है, तू मुक्त है, तू मोक्ष है, तू आनंद अमृत है। तू देव है, तू शांत है, तू निरामय है, तू ब्रह्म है, तू पूर्ण है, तू पर से पर हैं ॥६१॥ तू सम है, सत्य है, सनातन है, सत्य आदि वाक्य से तू जाना जाता है। तू सब अंगों से रहित है। तू सदा स्थित है, तू ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र आदि विशेष भाव वाला है ॥६२॥ तू सर्व प्रपंच भ्रम से रहित है, तू सब भूतों में प्रकाशमान है। तू सर्वज्ञ संकल्प से रहित है। तू सर्व वेदान्तों के अर्थ से प्रकाशित है ॥६३॥ सर्वत्र संतोष वाला

Scanned by CamScanner

तू सुख से बैठा हुआ है। सर्वत्र गति आदि से तू रहित है। सर्वत्र लक्ष्यादिसे तूरहित है, सर्वदा विष्णुआदि देवताओं से ध्यान किया जाता है ॥६४॥ तू चैतन्य आकार स्वरूप है तू अंकुश रहित चिन्मात्र है। तू आत्मा मेंही स्थित है तू निर्गुण सबसे शून्य ॥६५॥ तू आनन्द है, तू पर है, तू एक ही अद्वितीय स्वरूप है। तू चैतन्य घन आनन्द रूप है, परिपूर्ण स्वरूप वाला है ॥६६॥ तू सत्य है, तू तू है, तू ज्ञाता है तू वह है, तू जानता है, तू देखता है। तू सच्चिदानन्द रूप है, तू निश्चय प्रभु वासुदेव है ॥६७॥ तू अमृत है, तू विभु है, तू चंचल और अचल है। तू सर्व है, तू सर्व रहित है, शान्त अशान्त से रहित है ॥६८॥ तू सत्तामात्र प्रकाश है, तू ही सामान्य सत्ता है। तू नित्य सिद्ध स्वरूप है, सब सिद्धियों से रहित है ॥६९॥ तू किंचित्मात्र विशेष शून्य है, अणु मात्र से रहित है। तू होनेपने से रहित है, नहीं होनेपने आदि से रहित है ॥७०॥ तू लक्ष्य और लक्षण से रहित है, निर्विकार निरामय है। तू सब नाड़ों के भीतर है,कला काष्ठा से रहित है ॥७१॥ तू ब्रह्मा, विष्णु और ईश्वर से रहित है, तू अपने स्वरूप को देखता है, तू अपने स्वरूप का शेष है, तू अपने आनन्द समुद्र में मग्न है ॥७२॥ अपने आत्म राज्य में तू आप ही है, स्वयं भाव से रहित है। तू अंश पूर्ण स्वरूप है, तू अपने से कुछ भी नहीं देखता ॥७३॥ तू अपने स्वरूप से नहीं चलता, तू अपने स्वरूप से फैलता है। तू अपने स्वरूप से अन्य नहीं है: निश्चय कर कि मैं ही तू हूँ ॥७४॥ जो कुछ यह प्रपंच है, जो जो जगत् में विद्यमान है;

दृश्य रूप और दृष्टि रूप है सब शश के सींग के समान है ॥७५॥ भूमि जल अग्नि वायु आकाश मन और बुद्धि अहङ्कार, तेज लोक भुवन मण्डल ॥७६॥ नाश जन्म सत्य पुण्य पाप जय आदि का राग काम क्रोध लोभ ध्यान श्रेष्ठ ध्येय तथा गुण ॥७७॥ गुरु शिष्य उपदेश आदि आदि अन्त सम शुभ भूत भविष्य वर्तमान लक्ष्य लक्षण अद्वय ॥७८॥ सम विचार संतोष भोक्ता भोग आदि रूप यमादि अष्टांग योग जाना और आना ॥७९॥ आदि मध्य और अन्तरंग ग्रहण के योग्य छोड़ने योग्य हरि शिव इन्द्रियां और मन तथा तीनों अवस्थायें ॥८०॥ चौबीस तत्त्व और चार साधन सजातीय विजातीय क्रम से भू आदि लोक ॥८१॥ सब वर्णाश्रम का आचार मन्त्र तन्त्रादिकों का संग्रह विद्या अविद्या सर्व वेद जड़ अजड़ ॥८२॥ बंध मोक्ष का विभाग ज्ञान विज्ञान का रूपक अथवा बोध अबोध का स्वरूप द्वैत अद्वैत का कथन ॥८३॥ सब वेदान्त का सिद्धान्त सब शास्त्रार्थ का निर्णय अनेक जीवों का सत्य भाव अनेक जीव आदि का निर्णय ॥८४॥ जो जो चित से ध्यान किया जाता है जो जो संकल्प किया जाता है जो बुद्धि से निश्चय किया जाता है जो गुरु से सुना जाता है ॥८५॥ जो जो वाणी कहती है जो जो आचार्य का कथन है। जो जो इन्द्रियों से प्रतीत होता है जो जो पृथक् विचारा जाता है॥८६॥ जो कुछ महान् वेद के पारदर्शियों से न्याय द्वारा निश्चय किया गया है शिव लोकों का संहार करता है विष्णु तीनों जगत् को पालता है ॥८७॥ ब्रह्मा लोकों को उत्पन्न करता

Scanned by CamScanner

है इस प्रकार आदि की क्रिया आदिक जो जो पुराणों में है जो जो वेदों में निर्णय है॥ ८८॥ सब उपनिषदों का भाव सब अश्व के सींगों के समान है, मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प अन्तःकरण का माना हुआ ॥८९॥ मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प महान् संसार कहलाता है। मैं देह हूं यह संकल्प ही बंध कहलाता है ॥९०॥ मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प दुःख कहलाता है। मैं देह हूं इस प्रकार का जो भान है उसको नरक समझे ॥९१॥ मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प सब जगत् कहलाता है। मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प हृदय की ग्रन्थि कहलाता है ॥९२॥ मैं देह हूं इस प्रकार का ज्ञान अज्ञान कहलाता है। मैं देह हूं इस प्रकार का ज्ञान ही असत्य भावना है ॥९३॥ मैं देह हूं इस प्रकार की बुद्धि अविद्या कहलाती है। मैं देह हूं इस प्रकार का ज्ञान ही द्वैत कहलाता है ॥९४॥ मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प ही सच्चा जीव है। मैं देह हूं इस प्रकार का ज्ञान ही परिच्छिन्न कहा गया है ॥९५॥ मैं देह हूं इस प्रकार का संकल्प प्रत्यक्ष महा पाप है मैं देह हूं इस प्रकार की बुद्धि ही प्रसिद्ध तृष्णा दोष रूप रोग है ॥९६॥ जो कुछ भी संकल्प है वह तीनों ताप कहा गया है। काम क्रोध बंधन है सर्व दुःख है सब दोष रूप है काल करके नाना स्वरूप धारण करते हैं यह जो कुछ है सब संकल्प का जाल है। हे सोम्य ! ऐसे इस किंचितको मन का विचार जान ॥९७॥ मन ही सब जगत् है मन ही महा शत्रु है। मन ही संसार है मन ही तीनों जगत् है ॥९८॥ मन ही महा दुःख है मन ही जरा आदिक है। मन ही काल

है और मन ही मल है ॥९९॥ मन ही संकल्प है मन ही जीव है। मन ही चित्त है मन ही अहङ्कार है ॥१००॥ मन ही महा बंध है मन ही अन्तःकरण है। मन ही पृथ्वी है मन ही जल है ॥१०१॥ मन ही तेज है मन ही महान् वायु है। मन ही आकाश है। मन ही शब्द रूप है ॥१०२॥ स्पर्श रूप रस गन्ध पांचों कोश मन से हुए हैं। जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति आदि मनोमय कहे जाते हैं ॥१०३॥ दिक्पाल वसु रुद्र आदित्य मनोमय हैं। दृश्य जड़ द्वन्द्व जन्म अज्ञान मन के समझे गये हैं ॥१०४॥ जो कुछ संकल्प है वह नहीं ही है, ऐसा निश्चय कर। सब जगत् नहीं है, नहीं है गुरु शिष्य आदिक भी नहीं है यह उपनिषत् है ॥१०५॥

छठा अध्याय।

ऋभु ने कहा:—सब सत् चित्मय जान सर्व सत् चित्मय व्यापक है। सच्चिदानन्द अद्वैत है, सच्चिदानन्द अद्वय है ॥१॥ सच्चिदानन्द अमात्र है सच्चिदानन्द अन्य रूप है सच्चिदानन्द रूप मैं हूं सच्चिदानन्द ही आकाश है ॥२॥ सच्चिदानंद ही तू है सच्चिदानन्द रूप मैं हूं ये मन बुद्धि अहङ्कार चित्त समूह ॥३॥ ये न तू है न मैं हूं न अन्य कोई है सब केवल ब्रह्म ही है। न वाक्य न पद न वेद न अक्षर न जड़ कहीं है ॥४॥ न मध्य न आदि न अन्त न सत्य न बंध न दुःख न सुख भाव, न माया, न प्रकृति है ॥५॥ न देह है, न मुख है, न

Scanned by CamScanner

घ्राण है, न जिह्वा है, न तालू, है, न दांत, न ओष्ठ, न मस्तक है, न श्वास उश्वास ही है ॥६॥ न पसीना, हड्डी, मांस है, न रक्त है, न मूत्र है। न दूर, न पास, न अङ्ग, न उदर, न मुकुट है ॥७॥ न हाथ पैर का चलना, न शास्त्र, न उपदेश न जानने वाला, न ज्ञान, न ज्ञेय है, न जाग्रत, न स्वप्न, न सुषुप्ति है ॥८॥ मुझ में तुरियातीत किंचित् नहीं है, सर्व सच्चित्मय व्यापक है। न अध्यात्मिक है, न अधिभूत है, न अधिदेव है, न मायिक है ॥९॥ न विश्व तैजस, प्राज्ञ, विराट्, सूत्रात्मा, ईश्वर है, न आगे जाने की चेष्टा है, न नष्ट है, न प्रयोजन है ॥१०॥ त्यागने योग्य, ग्रहण करने योग्य वा दूषित नहीं है, न पवित्र अपवित्र है, न मोटा है, न पतला है, न क्लेद, न काल, न देश का कथन है ॥११॥ न सब, न भय, न द्वैत, न वृक्ष, तृण पर्वत, न ध्यान, न योग संसिद्धि न ब्राह्मण, न क्षत्रीय, न वैश्य ॥१२॥ न पक्षी, न मृग, न अङ्गी, न लोभ, न मोह, ही है। न मद, न मत्सरता, न काम क्रोधादि हैं ॥१३॥ स्त्री, शूद्र, विल्ली आदि और भक्ष्य भोज्य आदिक नहीं हैं। न मोटा पतला है, न आस्तिक्य है, न वार्ता ही का अवसर है ॥१४॥ न लौकिक है, न लोक हैं, न व्यापार है न मूढ़ता है, न भोक्ता, भोजन, भोज्य है, न पात्र है, न पान है, न पीने योग्य है ॥१५॥ न शत्रु, मित्र, पुत्र आदि है, न माता पिता, वहिन न जन्म है, न मृत्यु हैं, न वृद्धि है। मैं देह हूँ, यह भ्रम है ॥१६॥ न शून्य है, न अशून्य है, न अन्तःकरण है, न संसार है, न रात्रि है, न दिन रात्रि है, न ब्रह्मा है, न हरि है, न

शिव है ॥१७॥ न वार, पक्ष मास आदिक हैं, न संवत्सर है न स्थूल है, न ब्रह्म लोक है न वैकुन्ठ लोक है, न कैलाश है न अन्य लोक है।।१८॥ न स्वर्ग है, न देवता इन्द्र है न अग्नि, है न श्लोक है, न अग्निहोत्री है, न यम है, न यमलोक है, न लोक पाल हैं ॥१०॥ नभू, भुवः और स्वः ये तीन लोक है, न पाताल है न भूतल है न अविद्या है, न विद्या है, न माया है, न जड़ प्रकृति है ॥२०॥ न स्थिर है, न क्षणिक है, न नाश है, न गति है और न दौड़नाहै। न मुक्त है न ध्येय है, न ध्यान है, न मंत्र है न कहीं जप है ॥२१॥ न पदार्थ है, पूजने योग्य है, न अभिषेक है, न पूजा है। न पुष्प है, न फ़ल है, न पत्र, गंध, पुष्प आदि धूप है ॥२२॥ न स्तोत्र है, न नमस्कार है, न थोड़ी सी भी प्रदक्षिणा है, न प्रार्थना है, न प्रथक् भाव है, न हवि है, न अग्नि की वन्दना है ॥२३॥ न होम है, न कर्म है, न दुर्वचन है, न सुन्दर भाषण है, न गायत्री है, न संधि है, न ध्यान है, न मन की दुष्ट स्थिति है, ॥२४॥ न दुराशा है, न दुष्टात्मा है, न चंडाल है, न पौल्कस (एक प्रकार की नीच जाति) है। न दुःसह है, न निन्दा है, न किरात है, न कैतव है ॥२५॥ न पक्षपात है, न पक्ष है, न आभूषण है, न चोर है, नदंम्भ है, न दम्भ करने वाला है, न नीच है, न श्रेष्ठ ॥२६॥ एक, दो, तीन चार, नहीं है, महान्ता है, न अल्पपना है, न पूर्ण है, न परिच्छिन्न है, न काशी है, न व्रत है, न तप है ॥२७॥ न गोत्र है, न कुल है, न सूत्र है, न व्यापकता है, न शून्यता है, न स्त्री है, न युवती है, न बूढ़ी है, न

Scanned by CamScanner

कन्या है, न तन्तु पना है, ॥२८॥ न सूतक है, न जन्म है, न आंतर्मुख है, नभ्रम है, न महा वाक्य है, न एकता है, न अणिमा आदि सिद्धियां हैं ॥२९॥ सर्व चैतन्य मात्र होने से सदा सब दोष नहीं हैं, सर्व सत्यमात्र रूप होने से सच्चिदानन्द मात्र है ॥३०॥ सब ब्रह्म ही हैं, अन्य नहीं है, इसी प्रकार वह मैं हूँ वह वह मैं हूँ वह ही मैं हूं, वह ही मैं हूं, में सनातन ब्रह्म हूँ ॥३१॥ मैं ब्रह्म ही हूँ, संसारी नहीं हूँ, मैं ब्रह्म ही हूँ, मुझसे मन नहीं है, मैं ब्रह्म ही हूँ, मुझसे बुद्धि नहीं है, मैं ब्रह्म ही हूँ इन्द्रियां नहीं हूँ ॥३२॥ मैं ब्रह्म ही हूं देह नहीं हूँ, में ब्रह्म ही हूँ, विषय नहीं हूँ। में ब्रह्म ही हूँ, जीव नहीं हूँ, मैं ब्रह्म ही हूं, भेद वाला नहीं हूं ॥३३॥ में ब्रह्म ही हूं, जड़ नहीं हूँ मैं ब्रह्म ही हूँ मुझमें मरण नहीं है। में ब्रह्म ही हूं प्राण नहीं हूं, मैं पर से परब्रह्म ही हूँ ॥३४॥ यह ब्रह्म है, पर ब्रह्म है, सत्य ब्रह्म है, वह प्रभु है। काल ब्रह्म है, कला ब्रह्म है, सुख ब्रह्म है, स्वयं प्रकाश है ॥३५॥ एक ब्रह्म है, दो ब्रह्म है, मोह ब्रह्म है, शमादिक ब्रह्म है, दोष ब्रह्म है, गुण ब्रह्म है, दम, शान्त, विभु, प्रभु, ब्रह्म, हैं, ॥३६॥ लोक ब्रह्म है, गुरु ब्रह्म है, शिष्य ब्रह्म है, सदाशिव ब्रह्म है। पूर्व ब्रह्म है, पर ब्रह्म है, शुद्ध ब्रह्म है, शुभ अशुभ ब्रह्म है, ॥३७॥ जीव ही सदा ब्रह्म है, मैं सच्चिदानन्द हूँ। सर्व ब्रह्ममय कहा है, सब जगत् ब्रह्म मय है ॥३८॥ संदेह रहित आप ही ब्रह्म है, अपने से अन्य कुछ नहीं है। सब आत्म ही है, शुद्धात्मा है, सब चिन्मात्र अद्वितीय है, ॥३९॥ आत्मा नित्य निर्मल रूप है, आत्मा से

अन्य कुछ नहीं है। अणु मात्र शुद्ध रूप है, अणु मात्र यह जगत् है ॥४०॥ अणु मात्र शरीर है, अणु मात्र सत्य है। अणु मात्र अचिन्त्य है, अथवा अणु मात्र चिन्त्य है ॥४१॥ ब्रह्म ही सब चिन्मात्र है, ब्रह्म मात्र तीनों जगत् हैं, आनन्द परमानन्द है, अन्य कुछ न कुछ है ॥४२॥ चैतन्य मात्र ओंकार है, ब्रह्म ही सब आप है। मैं ही सब जगत् हूँ, मैं ही परम पद हूँ ॥४३॥ मैं ही गुणातीत हूँ, मैं ही पर से पर हूँ। मैं ही पर ब्रह्म हूँ, मैं ही गुरुओं का गुरु हूँ ॥४४॥ मैं ही सबका आधार हूँ, मैं ही सुख का सुख हूँ। आत्मा से भिन्न जगत् नहीं है, और आत्मा से भिन्न सुख भी नहीं है ॥४५॥ आत्मा से भिन्न गति नहीं है, सब जगत् आत्ममय है। आत्मा से भिन्न कहीं नहीं है, आत्मा से भिन्न तृण भी नहीं है ॥४६॥ आत्मा से भिन्न तुष (भूसा) नहीं है, सब जगत् आत्मामय है। ब्रह्म मात्र यह सब है, ब्रह्म मात्र असत् नहीं है ॥४७॥ सब सुना हुआ ब्रह्म मात्र है, ब्रह्म ही केवल आप है। ब्रह्म मात्र सब वृत है, ब्रह्म मात्र रस और सुख है ॥४८॥ ब्रह्म मात्र चिदाकाश सच्चिदानन्द अद्वितीय है, ब्रह्म के सिवाय अन्य नहीं है, ब्रह्म से भिन्न जगत् नहीं हैं ॥४९॥ ब्रह्म से भिन्न मैं नहीं हूँ, ब्रह्म के सिवाय फल नहीं है। ब्रह्म से भिन्न तृण नहीं है, ब्रह्म से भिन्न पद नहीं हैं ॥५०॥ ब्रह्म से भिन्न गुरु नहीं है, ब्रह्म बिना शरीर असत्य है। ब्रह्म से अन्य अहंता तुझ पना यह वे, कहीं नहीं है ॥५१॥ अपने को ब्रह्म स्वरूप जान। अपने से अन्य कुछ नहीं है, जो कुछ जगत् में देखा जाता है, जो कुछ लोगों से

Scanned by CamScanner

कहा जाता है ॥५२॥ जो कुछ कही भी भोगा जाता है, वह सब असत्य ही है। कर्त्ता भेद, क्रिया भेद, गुण भेद रस आदिक ॥५३ यह सब लिंग भेद असत्य ही हैं। सदा सुख काल भेद देश भेद, वस्तु भेद, जीत हार ॥५४॥ जो जो भेद हैं, वे केवल असत्य ही हैं। अन्तःकरण असत्य है, इन्द्रिय आदिक असत्य हैं ॥५५॥ प्राण आदिक सब असत्य हैं, शरीर असत्य है, पांच कोश असत्य हैं देवता असत्य हैं ॥५६॥ छः विकार आदि असत्य हैं, शत्रु वर्ग असत्य हैं, छः ऋतु असत्य हैं और छः रस असत्य हैं ॥५७॥ मैं सच्चिदानन्द मात्र हूँ यह जगत् कभी उत्पन्न नहीं हुआ है। मैं परं सत्य आत्मा ही हूँ, अन्य संसार दृष्टि नहीं है ॥५८॥ मैं सत्य आनन्द रूप हूँ, चैतन्य घन आनन्द स्वरूप हूँ, मैं ही परानन्द हूँ, मैं ही पर से पर हूँ ॥५९॥ यह सब ज्ञाना-कार है, मैं अद्वितीय ज्ञान आनन्द रूप हूँ, मैं सबका प्रकाश रूप हूँ, सर्व अभाव स्वरूप हूँ, ॥६०॥ मैं ही सदा भासता हूँ, कहाँ असत्य है, तू ही चिन्मात्र आनन्द रूप वाला परब्रह्म है ॥६१॥ चैतन्य आकार है, चैतन्य आकाश है, चैतन्य ही परम सुख है, मैं आत्मा ही हूँ, असत् नहीं हूं, मैं कूटस्थ हूँ श्रेष्ठ गुरु हैं ॥६२॥

मैं सच्चिदानन्द मात्र हूँ और यह जगत् उत्पन्न ही नहीं हुआ है काल नहीं है, जगत् नहीं है, माया प्रकृति भी नहीं है ॥६३॥ मैं ही साक्षात् हरि हूँ, मैं ही सदाशिव हूँ, मैं शुद्ध सत्व को प्रकाश

करने वाला शुद्ध चैतन्य भाव हूँ ॥६४॥ मैं अद्वितीय आनन्द मात्र हूं, चैतन्य घन एक रस हूँ, सब सदा ब्रह्म ही है, सब केवल ब्रह्म ही है ॥६५॥ सब सदा ब्रह्म ही है, सब ही ब्रह्म चेतन है, मैं सबका अन्तर्यामी रूप हूं, सर्व साक्षीपने के लक्षण वाला हूँ ॥६६॥ परमात्मा परंज्योति, परंधाम, परगति, सब वेदान्त का सार हूँ, सब शास्त्रों से निश्चित किया गया हूँ ॥६७॥ मैं योगानन्द स्वरूप हूँ, मुख्य आनन्द महोदय हूं, मैं सब ज्ञान का प्रकाश हूं, मुख्य विज्ञान स्वरूप हूँ, ॥६८॥ मैं तुर्य अतुर्य का प्रकाश हूँ, तुर्य अतुर्य आदि से रहित हूँ, मैं चैतन्य अक्षर हूं, मैं सत्य हूँ, वासुदेव अजर, अमर हूँ ॥६९॥ मैं ब्रह्म चिदाकाश हूँ, नित्य ब्रह्म निरंजन हूँ, शुद्ध, बुद्ध सदायुक्त, अनाम, अरूप हूँ ॥७०॥ मैं सच्चिदानन्द रूप हूँ, यह जगत् उत्पन्न नहीं हुआ है। सत्य असत्य जगत् नहीं है, संकल्प, कलना आदिक नहीं हैं ॥७१॥ नित्य आनन्दमय ब्रह्म, केवल हमेशा आप है, अनन्त अविकारी, शांत, एक रूप और अनामय है ॥७२॥ यदि मुझसे कुछ अन्य है तो वह मृगजल के समान मिथ्या है। यदि वंध्या पुत्र के वचन में भय है तो यह कुछ है ॥७३॥ शशके सींगो से सिंह मर जाय तो जगत है। मृग तृष्णा जल से तृप्त हो जाय तो यह जगत है ॥७४॥ मनुष्य के सींगों से नष्ट हो जाय तो यह भी है। गंधर्व नगर के सत्य होने में जगत हमेशा है ॥७५॥ आकाश में नीलता सत्य हो तो जगत सत्य होगा। सीपी में रूपा सत्य हो तो जगत भूषण होगा ॥७६॥ रस्सी के सर्प से मनुष्य मर जाय तो संसार हो।

Scanned by CamScanner

सोने के बाण से ज्वाला अग्नि नाश हो जाय तो जगत है ॥७७॥ बिन्ध्याचल के वन में खीर हो जाय तो जगत उत्पन्न हुआ है। केले के स्तंभके काठ से रसोई वनजाय तो जगत है ॥७८॥ गवार पाठे के रूप से पाक सिद्ध होजाय तो जगत हो। चित्र के दीपक से अँधेरा चला जाय तो यह जगत है ॥७९॥ मास से पहिले मरा हुआ मनुष्य आजाय तो जगत है। यदि मठे का दूध हो जाय तो नित्य जगत है ॥८०॥ गौ के थन से निकाला हुआ दूध फिर भर दिया जाय तो जगत है। मट्टी के रेत में समुद्र उत्पन्न हो जाय तो जगत हमेशा वस्तु है ॥८१॥ कछुये के रोमों से मस्त हाथी बाँध दिया जाय तो जगत है। कमल की डण्डी के तन्तु से मेरु चलने लगे तो जगत हो ॥८२॥ तरंगों की माला से समुद्र बांध दिया जाय तो जगत है। अग्नि की ज्वाला नीचे को जाय तो सर्वदा जगत है ॥८३॥ अग्नि की ज्वाला ठन्डी हो तो जगत हो, जलती हुई अग्नि मण्डल में कमलों की वृद्धि हो तो यह जगत हो ॥८४॥ महान् हिमाचल में नील हो तो जगत हो, मेरु आकर नेत्र की पुतली में स्थित हो तो यह जगत है ॥८५॥भ्रंग का शब्द वाणी रहित हो, मेरु चलायमान हो, मच्छर सिंह को मार डाले तो यह जगत सत्य हो ॥८६॥अणु रूप कोटर के विस्तार होने में तीन लोक हों तो यह जगत है, क्षणिक के फूस की आग नित्य हो तो जगत हो॥८७॥ स्वप्न की देखी हुई वस्तु जाग्रत में रहे तो जगत हो, नदी का वेग किसी प्रकार निश्चल होजाय तो जगत हो ॥८८॥भूख का भोजन अग्नि हो तो जगत की कुछ कल्पना

हो। जन्मका अन्धा रत्न परोक्षक हो तो यह जगत् सदा हो ॥८९॥ नपुंसक के पुत्र को स्त्री का सुख हो तो जगत हो। शश के सींगों से रथ बन जाय तो जगत हो ॥९०॥ हाल की जन्मी हुई कन्या भोग के योग्य हो तो जगत हो। बंध्या गर्भ प्राप्ति के सुख को जानने वाली हो तो जगत हो ॥९१॥ काक हंस के समान चले तो जगत निश्चल हो। गधा सिंह के साथ युद्ध करे तो जगत को स्थिति हो ॥९२॥ गधा हाथी की चाल चले तो जगत हो। चन्द्र सूर्य से प्रकाश किया हुआ संपूर्ण जगत स्वयं जड़ है ॥९३॥ चन्द्र सूर्य आदि को छोड़कर राहु दीखता हो, भृष्ट बीज उत्पन्न होकर वृद्धि हो तो जगत सत्य हो ॥९४॥ दरिद्री धनवानों का सुख भोगे तो जगत हो। कुत्ते के वीर्य से सिंह उत्पन्न हो तो जगत है ॥९५॥ मूढ़ ज्ञानी के हृदय को जान ले तो कल्पना हो। कुत्ता संपूर्ण समुद्र को पी ले तो मन हो ॥९६॥ शुद्ध आकाश मनुष्यों पर गिर पड़े तो जगत हो। अथवा भूमि पर आकाश गिरे, अथवा आकाश के पुष्प सुगंध वाले हों ॥९७॥ शुद्ध आकाश में वन उत्पन्न हों और चले तो जगत है। शुद्ध दर्पण में प्रतिबिम्ब नहीं पड़े तो जगत है ॥९८॥ अज को कुक्षि में जगत नहीं है, आत्म कुक्षि में जगत नहीं है। भेद कलना, द्वैत अद्वैत किसी प्रकार से विद्यमान नहीं है ॥९९॥ यदि यह माया का कार्य है ऐसा भेद है तो वह ब्रह्म की भावना है। मैं देह हूँ यह दुःख है तो मैं ब्रह्म हूँ यह निश्चय है ॥१००॥ हृदय ग्रन्थि के होने से ब्रह्म चक्र छेदा जाता है। संशय प्राप्त होने पर ब्रह्म के निश्चय का आश्रय

Scanned by CamScanner

करे ॥१०१॥ अनात्म रूप चोर है तो आत्म रूप रत्न का रक्षण है। ब्रह्म नित्य आनन्दमय, केवल सर्वदा आप है ॥१०२॥ इस प्रकार के दृष्टांतों से ब्रह्म मात्र साधा जाता है। ब्रह्म सब भुवन है, भुवनों का नाम छोड़ दे ॥१०३॥ मैं ब्रह्म हूं इस प्रकार निश्चय करके मैं' भाव को त्याग दे। सोये हुए के हाथ में रहे हुए पुष्प के समान सब ही लय होजाता है ॥१०४॥ न देह है, न कर्म है सब केवल ब्रह्म ही है। न भूत है, न कार्य है, न चार अवस्थायें है ॥१०५॥ तीन लक्षणाओं का विज्ञान सब केवल ब्रह्म ही है। सब व्यापार छोड़कर मैं ब्रह्म हूं, इस प्रकार भावना कर ॥१०६॥ संदेह रहित मैं ब्रह्म हूं, मैं चैतन्य स्वरूप ब्रह्म हूं। मैं सच्चिदानन्द मात्र हूं, ऐसा निश्चय करके उसको भी छोड़ दे ॥१०७॥

यह शङ्कर का किया हुआ महाशास्त्र नास्तिक कृतघ्न, दुराचारी, दुष्टात्मा हर किसी को न देना चाहिए ॥१०८॥ गुरु भक्ति से शुद्ध किए हुए अन्तःकरण वाले महात्मा को अच्छी तरह से मास, छः मास, एक वर्ष परीक्षा करके देना चाहिए ॥१०९॥ सब उपनिषदों के अभ्यास को दूर से त्याग कर आदर सहित तेजो बिन्दु उपनिषत् का सर्वदा प्रसन्न होकर अभ्यास करे ॥११०॥ एक बार अभ्यास मात्र से आप ब्रह्म ही होता है, आप ब्रह्म ही होता है यह उपनिषत् है ॥

वेदान्त

योग चूडामणि उपनिषत्

[१८]

योगियों के हित की कामना से मैं योगचूडामणि उपनिषत् को कहता हूँ। यह योग वेत्ताओं से सेवन किया गया है, गूढ़ है और कैवल्य सिद्धि को देने वाला है ॥१॥ आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये योग के छः अङ्ग है ॥२॥ एक सिद्धासन और दूसरा पद्मासन कहा गया है। छः चक्र, सोलह आधार, तीन लक्ष्य और पांच आकाशों को ॥३॥ जो अपने देह में नहीं जानता, उसको सिद्धि किस प्रकार हो? आधार चक्र चार दल वाला है स्वाधिष्ठान चक्र छः दल वाला है ॥४॥ नाभि में दश दल वाला कमल है, हृदय में बारह दल वाला पद्म है। विशुद्ध नाम का चक्र सोलह दल वाला है और भकुटीके मध्य में दो दल वाला कमल है ॥५॥ महापथ ब्रह्म रन्ध्र में हजार दल की संख्या वाला चक्र है। आधार पहिला चक्र है, दूसरा स्वाधिष्ठान चक्र है ॥६॥ योनि स्थान में है, दोनों के मध्य में है उसको काम रूप कहते हैं। काम नाम का चार दल वाला कमल गुदा के स्थान में है ॥७॥ उसके मध्य में काम नाम की, सिद्धों से वन्दना की गई, योनि कहलाती है। उसके मध्य में पश्चिम की तरफ मुख वाला लिंग स्थित है ॥८॥ जो नाभि से मणि के समान बिम्ब वाले को जो जानता है, वह योगवित्

Scanned by CamScanner

है तपे हुए सोने के समान प्रकाश वाला, बिजली की रेखा के समान चमकता हुआ ॥९॥ तीन कोण वाला मेढ़ के नीचे स्थित वह्नि का पुर है। समाधि में अनन्त और विश्वतोमुख परम ज्योति दीखती है ॥१०॥ महा योग में उसको देखने से आना जाना नहीं रहता। स्व शब्द से प्राण होता है स्वाधिष्ठान उनका आश्रय होता है ॥११॥ वह स्वाधिष्ठान के आश्रय होने से मेढ़ भी कहा जाता है। यहाँ जो तंतु से पिरोये हुए मणि के समान सुषुम्ना से प्रोया हुआ कन्द है ॥१२॥ नाभि मण्डल में वह मणि पूरक चक्र कहलाता है। पुण्य पाप से रहित बारह दल वाले महा चक्र में ॥१३॥ जब तक जीव तत्व को नहीं जानता तब तक भ्रमण करता है। मेढ़ से ऊपर नाभि से नीचे कन्द में पक्षी के अण्डे के समान योनि है ॥१४॥ वहाँ बहत्तर हजार नाड़ियाँ उत्पन्न हुई हैं, उन बहत्तर हजार नाड़ियों में बहत्तर प्रधान कहलाती हैं ॥१५॥ उनमें से दश प्राण को चलाने वाली मुख्य समझी जाती हैं। इडा, पिंगला और तीसरी सुषुम्ना है ॥१६॥ गांधारी हस्तिजिह्वा. पूषा, यशस्विनी, अलम्बुसा, कुहू और शंखिनी दशवीं कही गई हैं, ॥१७॥ इस नाड़ी महाचक्र को योगियों को सदा जानना चाहिए। इडा वाम भाग में स्थित है, पिंगला दक्षिण भाग में स्थित है ॥१८॥ सुषुम्ना मध्य देश में, गांधारी बायें नेत्र में। हस्तिजिह्वा दक्षिण नेत्र में, पूषा दक्षिण कर्ण में ॥१९॥ यशस्विनी बायें कर्ण में, अलम्बुसा मुख में, कुहू लिंग देश में और शंखिनी मूल स्थान में है ॥२०॥ इस प्रकार क्रम से एक एक

द्वार का आश्रय करके सब नाड़ियां स्थित हैं, इडा, पिंगला और सुषुम्ना प्राण मार्ग में स्थित हैं ॥२१॥ चन्द्र, सूर्य और अग्नि देवता सदा प्राण को चलाने वाले हैं। प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान नाम के वायु हैं ॥२२॥ नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय (उपवायु है। प्राण नित्य हृदय में स्थित है, अपान गुदा मंडल में ॥२३॥ समान नाभि देश में, उदान कण्ठ के मध्य में और व्यान सब शरीर में है, ये पांच प्राण ही मुख्य हैं ॥२४॥ डकार लेने में नाग और पलक मूंदने में कूर्म कहा गया है। कृकर छींक लाने वाला और देवदत्त जम्भाई लेने में जानो ॥२५॥ सर्व व्यापी धनंजय मरने पर भी नहीं छोड़ता। इन नाड़ियों में सब जीव तन्तु भ्रमण करते हैं ॥२६॥ जिस प्रकार भुज दण्ड से फेंकी हुई गेंद चलती है इसी प्रकार प्राण अपान से फेंका हुआ जीव नहीं ठहरता ॥२७। प्राण अपान के वश हुआ जीव नीचे, ऊपर, वाम और दक्षिण मार्ग से दौड़ता है; चंचल होने से दिखाई नहीं देता ॥२८॥ जिस प्रकार रस्सी से बांधा हुआ श्येन पक्षी गया हुआ भी खिच आता है इसी प्रकार गुणों में बँधा हुआ जीव प्राण अपान करके खिचता है ॥२९॥ प्राण अपान के वश हुआ जीव नीचे ऊपर जाता है। अपान प्राण को खेंचता है और प्राण अपान को खेंचता है ॥३०॥ ऊपर और नीचे स्थित इन दोनों को जो जानता है वह योगवित् है। वह हकार शब्द द्वारा बाहर आता है और सकार शब्द द्वारा फिर भीतर घुसता है ॥३१॥ इस

Scanned by CamScanner

प्रकार 'हंस हंस' इस मन्त्र को जीव सदा जपता है। दिन रात में इक्कीस हजार छः सौ ॥३२॥ इस संख्या युक्त मंत्र को जीव सदा जपता है। यह अजपा नाम की गायत्री योगियों को सदा मोक्ष की देने वाली है ॥३३॥ इसके संकल्प मात्र से मनुष्य सब पापों से छूट जाता है। इसके समान विद्या, इसके समान जप ॥३४॥ इसके समान ज्ञान न हुआ न होगा। कुंडलिनी में उत्पन्न हुई गायत्री प्राण को धारण करने वाली है ॥३५॥ प्राण विद्या महा-विद्या है, जो उसको जानने वाला है, वह वेद को जानने वाला है। कन्द के ऊपर कुंडल के आकार वाली आठ प्रकार की कुण्डली शक्ति ॥३६॥ ब्रह्म द्वार के मुख को नित्य मुख से ढांप कर स्थित है। उपद्रव रहित ब्रह्म जिस द्वार में होकर जाना होता है ॥३७॥ परमेश्वरी उस द्वार को मुख से ढांप कर सोई हुई है। वह्नियोग से जगाई हुई वह मन और प्राण सहित ॥३८॥ मुख उठाकर सुषुम्ना में सुई के समान ऊपर जाती है। जिस प्रकार कुंजी से घर को खोलते हैं, इसी प्रकार कुण्डलिनी से योगी मोक्ष के द्वार का भेदन करे। ३९॥

दोनों हाथों को संपुटित करके, दृढ़ रीति से पद्मासन लगा कर और ठोडी को छाती पर दृढ़ रीति से लगा कर चित्त में वारम्वार उस (ब्रह्म) का ध्यान करता हुआ वायु को ऊपर खींचे, पूरण किये हुए वायु को छोड़ने से मनुष्य शक्ति के प्रभाव से अतुल बोध को प्राप्त होता है ॥४०॥ श्रम से उत्पन्न हुए पसीने से

अंगों को मले। कड़वे, खट्टे पदार्थ और लवण का त्याग कर दूध का भोजन करे ॥४१॥ ब्रह्मचारी, सूक्ष्म आहार करने वाला योग परायण योगी साल भर के बाद सिद्ध हो जाता है, इसमें संदेह नहीं है ॥४२॥ चिकना, मधुर आहार पेट का चौथा अंश खाली छोड़कर, शिव की प्रीति के लिये भोजन करे, वह मिता-हारी कहलाता है ॥४३॥

कन्द के ऊपर कुण्डल के आकार वाली आठ प्रकार की कुण्डली शक्ति मूढ़ों को बंधन करने वाली और योगियों को सदा मोक्षकी देने वाली है॥४४॥ महामुद्रा, नभमुद्रा, ओड्याण, जलंधर और मूलबंध को जो जानता है वह योगी मुक्ति का पात्र है ॥४५॥ एड़ी से दृढ़ दवा कर योनि को सकोड़े और अपान को ऊपर खींचे; यह मूल बंध कहलाता है ॥४६॥ मूल बंध सदा करने से अपान और प्राण की एकता और मूत्र पुरीष की न्यूनता होने से वृद्ध भी जवान होजाता है ॥४७॥ जिससे थका हुआ महा पक्षी उड्याण करता है, वह उड्याण मृत्यु रूपी हाथी के लिये सिंह है ॥४८॥ उदर से नाभि के नीचे तानना पश्चिम ताण कह-लाता है। उड्याण बंध उदर में होता है, इसलिये वहां बंध कहा जाता है ॥४९॥ नीचे जाने वाले आकाश और जल को शिर में बांध देता है। इसलिये जालंधर बंध कष्ट और दुःख समूह को नाश करने वाला है ॥५०॥ कंठ संकोच लक्षण वाले जालंधर बंध के करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु दौड़ता

Scanned by CamScanner

है ॥५१॥ जीभ को उलटो करके कपाल के छिद्र में प्रवेश करा कर दृष्टि भ्रकुटी के मध्य में लगाने से खेचरी मुद्रा होती है ॥५२॥ जो खेचरी मुद्रा को जानता है उसको रोग, मरण, निद्रा, भूख, प्यास और मूर्छा नहीं होती ॥५३॥ रोग से पीड़ा को नहीं प्राप्त होता, न कर्मों से लिपायमान होता है, किसी से बाधा नहीं पहुँचाया जाता, जो खेचरी मुद्रा को जानता है ॥५४॥ जिससे चित्त आकाश में विचरता है और जिह्वा आकाश में विचरती है, इसलिये वह खेचरी मुद्रा सब सिद्धों से नमस्कार की गई है ॥५५॥ पैर से लेकर मस्तक तक के शरीरों को पोषण करने वाली शिरायें जहाँ होती है ऐसा शरीर विन्दु से स्थित है ॥५६॥ जिह्वा के ऊपर का छिद्र खेचरी द्वारा जिसने मूंद दिया है उसका विन्दु कामिनी के आलिंगन से भी क्षय नहीं होता ॥५७॥ जब तक विन्दु देह में स्थित है तब तक मृत्यु का भय कहां ? और जब तक खेचरी मुद्रा बांधी हुई है तब तक विन्दु नहीं जाता ॥५८॥ और निकला हुआ भी अग्निको प्राप्त हुआ विन्दु योनि मुद्रा द्वारा शक्ति से रोका जाने से ऊपर जाता है ॥५९॥ वह विन्दु सफेद और लाल दो प्रकार का है, सफेद शुक्ल कहलाता है और लाल महारज कहलाता है ॥६०॥

सिन्दूर समूह के समान चमकने वाले सूर्य के स्थान में रज स्थित है, चन्द्रमा के स्थान पर शुक्ल स्थित है, दोनों की एकता दुर्लभ है ॥६१॥ विन्दु ब्रह्मा है, रज शक्ति है, विन्दु चन्द्रमा है,

रज सूर्य है; दोनों के संगम से ही परमपद प्राप्त होता है॥६२॥ जब वायु करके शक्ति को चलाने से प्रेरित हुआ रज विन्दु के साथ सदा एकता को प्राप्त होता है तब दिव्य शरीर हो जाता है ॥६३॥ शुक्ल चन्द्र से संयुक्त और रज सूर्य से संयुक्त है, उन दोनों की समान रस वाली एकता को जो जानता है, वह योगवित् है ॥६४॥ सर्व नाड़ियों का शोधन, चन्द्र सूर्य का चलाना और रसों का सुखाना महामुद्रा कहलाती है ॥६५॥ छाती पर ठोड़ी रख कर और योनि को बांयें चरण से देर तक दबाकर और फैलाये हुए, दक्षिण पाद को दोनों हाथों से पकड़ कर, दोनों बांधी हुई कांखों को श्वास से भर कर धीरे-धीरे रेचन करे ।यह मनुष्यों की व्याधि को नाश करने वाली महामुद्रा कहलाती है ॥६६॥ चन्द्र अंश से अभ्यास करके फिर सूर्य अंश से अभ्यास करे, जब संख्या बराबर होजावे तब मुद्रा को छोड़ देवे ॥६७॥ अपथ्य ही पथ्य नहीं होजाता किन्तु सब निरस भी रस होजाते हैं और खाया हुआ घोर विष भी अमृत के समान पच जाता है ॥६८॥ जो महामुद्रा का अभ्यास करे उसके क्षय, कुष्ट, भगन्दर, गुल्म, अजीर्ण और आगे होने वाले रोग क्षय होजाते हैं ॥६९॥ मनुष्यों को महा सिद्धि की देने वाली यह महामुद्रा कही है, यह प्रयत्न से गुप्त रखनी चाहिए और हर किसी को देनी न चाहिए ॥७०॥ पद्मासन लगा कर, शरीर और शिर को समान करके, नासिका के अग्र भाग में दृष्टि करके अव्यय ॐकार का एकांत में जप

Scanned by CamScanner

करे ॥७१॥ॐ नित्य, शुद्ध, बुद्ध, निर्विकल्प, निरञ्जन, नाम रहित, अनादि, मृत्यु रूप, एक, तुरीय, जो भूत, भविष्य और वर्तमान में सदा अवच्छेद रहित परब्रह्म है, उससे ज्योति रूप परा शक्ति उत्पन्न हुई। (पराशक्ति रूप) आत्मा से आकाश हुआ, आकाश से वायु हुआ, वायु से अग्नि हुआ, अग्नि से जल हुआ, और जल से पृथ्वी हुई। इन पांच भूतों के पांच पति सदा शिव, ईश्वर, रुद्र, विष्णु और ब्रह्मा हैं। उनमें ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र उत्पत्ति स्थिति और लय करने वाले हैं। ब्रह्मा, राजस है, विष्णु सात्विक है और रुद्र तामस है। इस प्रकार ये तीनों गुणयुक्त हैं। ब्रह्मा देवताओं में प्रथम हुआ। ब्रह्मा उत्पन्न करने के लिये, विष्णु स्थिति के लिये, रुद्र नाश करने के लिये और चन्द्रमा भोग के लिये, इस प्रकार प्रथम उत्पन्न होने वाले हुए। इनमें से ब्रह्मा से लोक, देवता, तिर्यक् नर और स्थावर उत्पन्न होते हैं। उन मनुष्य आदि का शरीर पांच भूत समूह का है। ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, ज्ञान और विषय, प्राणादि पांच वायु, मन बुद्धि चित्त और अंहकार स्थूल कल्पे हुये हैं। वह (शरीर) ही स्थूल प्रकृति कहलाता है। ज्ञानेन्द्रिय कर्मेन्द्रिय ज्ञान और विषय, प्राणादि पांच वायु, मन और बुद्धि सूक्ष्म में स्थित लिंग कहलाता है। तीन गुणों से युक्त कारण है। इस प्रकार सबके तीन शरीर वर्तते हैं। जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय ये चार अवस्थायें हैं उन अवस्थाओं के अधिपति विश्व, तैजस, प्राज्ञ और आत्मा ये चार पुरुष हैं। विश्व स्थूल का भोक्ता है, तैजस एकांत का भोक्ता है, आनन्द का भोक्ता

प्राज्ञ है, उससे पर सबका साक्षी है ॥७२॥ वह सब जीवों में भोग काल में सदा पृथक् रहता है और सब अवस्थाओं में अधोमुख यानी तटस्थ रूप से आनन्द रूप है ॥७३॥ अकार, उकार और मकार तीन वर्णों को, तीन वेदों को, तीन लोकों को, तीन गुणों को, तीन अक्षरों को, तीन स्वरों को प्रणव प्रकाशता है। अकार सब जन्तुओं में जाग्रत् में नेत्रों में वर्तता है, उकार स्वप्न में कंठ में और मकार सुसुप्ति में हृदय में ॥७४॥ अकार स्थूल, विराट और विश्व है। उकार सूक्ष्म, हिरण्यगर्भ और तैजस है। मकार कारण अव्याकृत और प्राज्ञ है। अकार राजस, रक्त, ब्रह्मा और चेतन कहलाता है। उकार सात्विक, शुक्ल और विष्णु कहलाता है ॥७५॥ मकार तामस, कृष्ण और रुद्र कहलाता है। प्रणव से ब्रह्मा उत्पन्न हुआ, प्रणव से विष्णु उत्पन्न हुआ ॥७६॥ प्रणव से रुद्र उत्पन्न हुआ, प्रणव ही पर हुआ। अकार में ब्रह्म लय होता है, उकार में विष्णु लय होता है ॥७७॥ मकार में रुद्र लय होता है परन्तु प्रणव प्रकाशता रहता है। वह ज्ञानियों में ऊपर जाने वाला होता है, अज्ञानी में नीचे मुख वाला होता है ॥७८॥ इस प्रकार निश्चय प्रणव स्थिति है, जो उसको जानता है, वह वेद का जानने वाला है। अनाहत स्वरूप से ज्ञानियों में ऊपर जाने वाला होता है ॥७९॥ तेल की अवच्छिन्न धारा और लम्बे घन्टों के नाद के समान प्रणव की ध्वनि है। उसका अग्र ब्रह्म कहलाता है ॥८०॥ वह अग्र ज्योतिमयऔर अवाच्य है। सूक्ष्म बुद्धि से महात्मा उसको देखते हैं। जो उसको जानता है, वह वेद

Scanned by CamScanner

का जानने वाला है ॥८१॥ जाग्रत में दोनों नेत्रों के बीच में हंस ही प्रकाशता है। सकार खेचरी कहलाता है, निश्चित यह त्वं पद है ॥८२॥ हकार परमेश्वर है, यह तत् पद निश्चित है। जो जन्तु सकार का ध्यान करता है, निश्चय हकार ही होजाता है ॥८३॥ इन्द्रियों करके जीव बांधा जाता है, आत्मा नहीं बांधा जाता ममता से जीव होता है, ममता रहित केवल होता है ॥८४॥ भूः भुवः स्वः ये लोक, चन्द्र, सूर्य और अग्नि देवता जिसकी मात्राओं में स्थित हैं, वह परम ज्योति ॐ है ॥८५॥ क्रिया, इच्छा और ज्ञान तथा ब्राह्मी रौद्री और वैष्णवी, ये तीन प्रकार की मात्राएं जिसमें स्थित हैं, वह परम ज्योति ॐ है ॥८६॥ वाणी से उसे नित्य जपे, शरीर से उसका अभ्यास करे, मन से उसे नित्य जपे, वह परम ज्योति ॐ है ॥८७॥ पवित्र हो या अपवित्र जो प्रणव को सदा जपता है, वह कमल पत्र के समान पापों से लिपायमान नहीं होता ॥८८॥ वायु चलने पर बिन्दु चलित होता है और निश्चल होने पर निश्चल होता है। (बिन्दु स्थिर होने से) योगी निश्चलता को प्राप्त होता है, इसलिये वायु का निरोध करे ॥८९॥ जब तक वायु देह में स्थित है तब तक जीव नहीं मरता। उसका निकल जाना मरण है इसलिये वायु का निरोध करे ॥९०॥ जब तक वायु देह में स्थित है तब तक जीव नहीं जाता। जब तक दृष्टि भ्रकुटियों के मध्य में है तब तक कालका भय कहां ॥९१॥ अल्प कालके भयसे ब्रह्मा प्राणायाम परायण हुआ, इसलिये योगी और मुनि भी प्राणों का निरोध करें ॥९२॥ हंस छब्बीस अंगुल बाहर

जाता है। वाम और दक्षिण मार्ग से प्राणायाम किया जाता है ॥९३॥ जब सब मलयुक्त नाड़ी चक्र शुद्ध होजाता है, तब ही योगी प्राण को रोकने में समर्थ होता है ॥९४॥ योगी पद्मासन लगा कर चन्द्र से प्राण को पूर्ण करे, यथाशक्ति धारण करे और फिर सूर्य द्वारा निकाल देवे ॥९५॥ अमृत के समुद्र के समान, गौ के सफेद दूध की उपमा वाले चन्द्रमा के विम्ब का ध्यान करता हुआ प्राणायाम करने में सुखी होवे ॥९६॥ ककड़ते हुये प्रज्वलित अग्नि रूप, हृदय में स्थित पूज्य आदित्य मण्डल का ध्यान करता हुआ योगी प्राणायाम करने में सुखी होवे ॥९७॥ इडा नाड़ी से प्राण को पिये फिर रोक कर दूसरी (पिंगला) से निकाल देवे। फिर पिंगला से वायु को पीकर और रोककर वाईं (इडा) से निकाल देवे। इस प्रकार से सूर्य और चन्द्रमा दोनों बिंदुओं के ध्यान करने से योगी की नाड़ियां दो मास के बाद शुद्ध हो जाती हैं ॥९८॥ इच्छानुसार वायु का धारण करना, अग्नि का प्रज्वलित करना, नाद का प्रकट होना और आरोग्यता ये नाड़ी शोधन करने से उत्पन्न होते हैं ॥९९॥ जब तक प्राण देह में स्थित है तब तक अपान को रोके। आकाश में ऊपर और नीचे गति वाली एक श्वास वाली मात्रा है ॥१००॥ रेचक, पूरक और कुम्भक प्रणव स्वरूप है। प्राणायाम बारह मात्रा युक्त होता है ॥१०१॥ बारह मात्रा संयुक्त सूर्य, चन्द्रमा दोष समूह को नाश करने वाले हैं ऐसा योगियों को जानना चाहिए ॥१०२॥ बारह पूरक करे, कुम्भक सोलह हो और रेचक दश हो, वह ओंकार

Scanned by CamScanner

प्राणायाम कहलाता है ॥१०३॥ हलकी में बारह मात्रा और मध्यम में दूनी मानी गई हैं, उत्तम में तीन गुणी कही हैं, यह प्राणायाम का निर्णय है ॥१०४॥ हलकी में पसीना उत्पन्न होता है, मध्यम में कम्प होता है उत्तम में स्थान को प्राप्त होता है इसलिए वायु का निरोध करे ॥१०५॥ योगी पद्मासन लगाकर, गुरु रूप शिव को नमस्कार करके, नासिका के अग्र भाग में दृष्टि लगाकर एकांत में प्राणायाम का अभ्यास करे ॥१०६॥

नव द्वारों को तथा प्राणों को रोककर दृढ़ धारणा पूर्वक शक्ति चालन करके काल रूप कुण्डलिनी को अग्नि और अपान के साथ ऊपर ले जाय। फिर इस विधि से आत्म ध्यान करते हुए उसके मस्तक में स्थिर करे। जब तक यह स्थिर रहे तब तक ही महात्माओं के नज्ञ की विशेषता है ॥१०७॥ यह प्राणायाम पातक रूपी ईंधन के लिये अग्नि है और संसार रूपी समुद्र का सेतु सदा योगियों से कहा जाता है ॥१०८॥ आसन से रोग को और प्राणायाम से पातक को नाश करते हैं, योगी मन के विकारों का प्रत्याहार से त्याग करता है ॥१०९॥ धारणा से मन के धैर्य को प्राप्त करता है, समाधि में अद्भुत चैतन्य को प्राप्त करता है और शुभाशुभ कर्मों का त्याग करके मोक्ष को प्राप्त करता है ॥११०॥ बारह प्राणायाम का प्रत्याहार कहलाता है, बारह प्रत्याहार से शुभ धारणा उत्पन्न होती है ॥१११॥योग वेत्ताओं ने बारह धारणा को ध्यान कहा है और बारह ध्यान की समाधि कहलाती है ॥११२॥ समाधि में जो परम ज्योति, अनन्त

और विश्वतोमुख है, उसके देखने से उसका गमन और क्रिया कर्म नहीं रहता ॥११३॥ दोनों चरण मेढ़ पर लगा आसन बांध कर, कर्ण, नेत्र, और नासिका के द्वारों को अंगुलियों से रोक कर पवन को मुख से पूर्ण करे, उसको अपान सहित छाती में रोक कर फिर मूर्धा में स्थिर धारण करे, इस प्रकार योगीश्वर उसमें मन लगा कर तत्त्व की विशेष समता को प्राप्त करते हैं ॥११४॥ पवन आकाश में प्राप्त होने पर घंटादि बाजों की महान् ध्वनि उत्पन्न होती है, यह नाद सिद्धि कही गई है ॥११५॥ प्राणायाम से युक्त होने से, सब रोग नाश हो जाते हैं, प्राणायाम से रहित के सब रोग उत्पन्न होते हैं ॥११६॥ हुचकी, खांसी, श्वास, शिर, कर्ण, आंखों की पीड़ा अनेक प्रकार के रोग पवन के विकार से होते है ॥११७॥ जिस प्रकार सिंह, हाथी, व्याघ्र, धीरे धीरे वश हो जाते हैं, इसी प्रकार सेवन किया हुआ वायु वश हो जाता है, नहीं तो साधक को मारता है ॥११८॥ नियम पूर्वक वायु को छोड़े, नियम पूर्वक भरे, नियम पूर्वक रोके, इस प्रकार सिद्धि को प्राप्त करे ॥११९॥ विषयों में यथा क्रम से चक्षु आदि का जो चलना है, उनका जो रोकना है, वह प्रत्याहार कहलाता है ॥१२०॥ जिस प्रकार तीसरे काल में सूर्य का प्रकाश कम हो जाता है इसी प्रकार योगी तीसरे अङ्ग में स्थित मन के विकार को दूर करे, यह उपनिषत् है। इति योग चूडामणि उपनिषत् ॥

योग

Scanned by CamScanner

शारीरकोपनिषत्।

[१६]

शरीर पृथिवी आदि महाभूतों का समुदाय है। कड़ी है, सो पृथिवी है, जो वहने वाला है, वह जल है। जो उष्ण, है वह तेज है, जो संचार करता है, वह वायु और जो पोला है, वह आकाश है। श्रोत्रादि ज्ञान इन्द्रियां हैं। आकाश में श्रोत्र, वायु में त्वचा, अग्नि में नेत्र, जल में जिह्वा और पृथिवी में घ्राण है। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध इन्द्रियों के यथा क्रम से विषय हैं ये पृथिवी आदि महाभूतों से क्रम से उत्पन्न हुए हैं। वाणी, पाणि, पाद, पायु, और उपस्थ कर्मेन्द्रियां कही जाती है। उनके क्रम से वचन, ग्रहण करना, चलना, त्यागना और आनन्द ये विषय पृथ्वी आदि महाभूतों से क्रम से उत्पन्न हुए हैं। मन, बुद्धि, अहङ्कार और चित्त ये चार अन्तःकरण हैं। उनके क्रम से संकल्प विकल्प, निश्चय, अभिमान और विचार स्वरूप ये विषय हैं। मन का स्थान कण्ठ, बुद्धि का मुख, अहङ्कार का हृदय और चित्त का नाभि है। हड्डी, चमड़ी, नाड़ी, रोंगटे और मांस ये पृथ्वी के अंश हैं। मूत्र, कफ, लोहू, वीर्य और पसीना ये जल के अंश हैं। भूख, प्यास, आलस्य, मोह और मैथुन अग्नि के अंश है। फैलना, दौड़ना स्थूलादि (मुड़ना, सकोड़ना, चलना) पलक खोलना बन्द करना आदि (डकार, छींक, जंभाई और मृतक शरीर को फुलाना) वायु के अंश हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय आकाश के अंश हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध पृथ्वी के गुण है। शब्द, स्पर्श, रूप और रस जल के गुण हैं। शब्द, स्पर्श और रूप अग्नि के गुण हैं। शब्द और स्पर्श वायु के दो गुण हैं। शब्द एक गुण आकाश का है। सात्विक, राजस और तामस तीनो गुणों के लक्षण हैं। अहिंसा,, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, क्रोध न करना, गुरु की सेवा करना, शौच, संतोप, सीधापन ॥१॥ मान रहितपना, पाखण्ड रहितपना, आस्तिकपना, अहिंसकपना, इतने गुण विशेष करके सात्विक के जानने चाहिये ॥२॥ मैं कर्त्ता हूँ, मैं भोक्ता हूँ, मैं अभिमान वाला वक्ता हूं। ब्रह्म वेत्ताओं ने ये गुण राजस के कहे हैं ॥३॥ निद्रा, आलस्य, मोह, राग मैथुन और चोरी। ब्रह्म वादियों ने ये गुण तामस के कहे हैं ॥४॥ सात्विक ऊपर है; मध्य में राजस है और नीचे तामस है। सत्य ज्ञान सात्विक है। धर्म ज्ञान राजस है। तिमिरांध तामस है। जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुर्य ये चार प्रकार की अवस्थायें हैं। ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय और चार अन्तःकरण, इन चौदह इन्द्रियों युक्त जाग्रत है। चार अंतःकरण से युक्त स्वप्न है, एक चित्त इन्द्रिय वाली सुषुप्ति है। तुरीय केवल जीव युक्त ही है। खुले हुए पलक और मुंदे हुए पलक के बीच मैं टिका हुआ जीव परमात्मा के मध्य में जीवात्मा क्षेत्रज्ञ है, इस प्रकार जाना जाता है, ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, पांच प्राण

Scanned by CamScanner

और बुद्धि इन सत्तरह का सूक्ष्म शरीर लिङ्ग कहलाता है ॥५॥ मन, बुद्धि, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि जल पृथिवी; ये प्रकृति के आठ विकार हैं, सोलह और हैं ॥६॥ श्रोत्र त्वचा, चक्षु, जिह्वा, घ्राण यह पांच। गुदा, उपस्थ, हाथ, पैर और वाणी दशमी है ॥७॥ शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध; ये तेईस प्रकृतियां है ॥८॥ चौवीसवां अव्यक्त प्रधान है, पुरुष उससे पर है ॥

ब्रह्मविद्या उपनिषत्।

[२०]

ब्रह्मविद्या उपनिषत् को कहते हैं:—उस अद्भुत कर्म करने वाले विष्णुरूप के प्रसाद से ध्रुवाग्नि ब्रह्म विद्या का रहस्य कहना है ॥१॥ ब्रह्मवादियों ने जिस ब्रह्म को ॐ एकाक्षर कहा है, उस के शरीर, स्थान और तीन काल को मैं कहता हूँ ॥२॥ उस (ॐकार) में तीन देव, तीन लोक, तीन वेद और तीन अग्नि कहे हैं। उस तीन अक्षर रूप शिव की तीन और अर्ध यानी साढ़े तीन मात्रायें हैं ॥३॥ ऋग्वेद, गार्हपत्य, पृथ्वी और ब्रह्मा को ब्रह्मवादियों ने अकार का शरीर कहा है ॥४॥ यजुर्वेद अंतरिक्ष, दक्षिणाग्नि और देव विष्णु भगवान् उकार का (शरीर) कहा गया है ॥५॥ सामवेद, स्वर्ग, आहवनीय और परमदेव ईश्वर मकार का (शरीर) कहा गया है ॥६॥ शंख के मध्य का अकार सूर्य मण्डल के मध्य में है। चन्द्र के समान उकार उस (चन्द्र) के मध्य में टिका हुआ है ॥७॥ मकार धूम रहित अग्नि के समान और बिजली की उपमा वाला है। इस प्रकार तीनों मात्राओं को चन्द्र, सूर्य, और अग्नि रूप जानना चाहिए ॥८॥ जैसे दीपक की शिखा उसके ऊपर होती है। उसी प्रकार अर्ध मात्रा को प्रणव के ऊपर जानना चाहिए ॥९॥ वह पूरा शिखा कमल सूत्र के समान अत्यन्त सूक्ष्म दिखलाई देती

Scanned by CamScanner

है। वह सूर्य के समान सारी सूर्यको भेदन करने तथा अन्या॥१०॥ बहत्तर हजार नाड़ियों को भेदन करके सब प्राणियोंको वरदान देने वाली, सब को व्याप्त करके सूर्यमें टिकती है॥११॥ कांसेके घंटोंके नाद जिस प्रकार शांति में लीन होजाते है इसी प्रकार सब ऐश्वर्य की इच्छा करने वाले को उसकी शांति के लिए ओंकार की योजना करनी चाहिये ॥१२॥ जिसमें शब्द लीन होता है वह परब्रह्म कहलाता है। और बुद्धि ब्रह्म में लीन हो जाती है, वह अमृत होने के योग्य समझी जाती है ॥१३॥ वायु, प्राण और आकाश तीन प्रकार की जीव संज्ञा है। उस प्राण रूप जीव का प्रमाण बाल के अग्रभाग का सौवा भाग कल्पा गया है॥१४॥ नाभि स्थान में विश्व का शुद्ध तत्व, निर्मल शिव रूप आदित्य के समान किरणों से सबको प्रकाशता हुआ स्थित है॥१५॥सकार और हकार को जीव सदा जपता है। नाभि के छिद्र मे निकलता हुआ यह विषयों की व्यापकता से रहित है ॥१६॥ इसलिए दूध में से निकले हुये घी के समान अपने कारण से युक्त इस कला रहित को पांच प्राणायाम द्वारा जाने ॥१७॥ जैसे लकड़ी से मथा हुआ दूध इस प्रकार जब चार कला से युक्त हृदय में स्थित देह में भ्रमण कराया जाता है ॥१८॥ (तब) इस (देह) में अविश्रांत महापक्षी शीघ्र वास करता है। जब श्वास रुक जाता है तब जीव निष्कलापने को प्राप्त होता है॥१९॥ आकाश में स्थित कला रहित का ध्यान करके संसार बंधन से मुक्त होता है। जो हृदय में स्थित स्व प्रकाश चित् आनन्द रूप अनाहत ध्वनि युक्त हंस

को जानता है, वह हंस कहलाता है। रेचक पूरक को छोड़ कर कुम्भक से स्थित विद्वान् ॥२०-२१॥ नाभि के मूल में प्राण अपान को रोक कर समान करके मस्तक में स्थित अमृत के स्वाद को आदर सहित ध्यान द्वारा पी कर ॥२२॥ नाभि के मध्य में दीपक के आकार वाले तेज वाले महादेव को अमृत का सिंचन करते हुए जो हंस हंस इस प्रकार जप करता है ॥२३॥ उसको जरा मरण रोगादि पृथ्वी पर नहीं होते। इस प्रकार अणिमा आदि सिद्धियों के निमित्त दिन प्रतिदिन करे ॥२४॥ सदा अभ्यास में प्रीति वाला पुरुष ईश्वरत्व को प्राप्त करता है। बहुत से इस एक मार्ग से नित्यत्व को प्राप्त हुए हैं ॥२५॥ हंस विद्या के सिवाय नित्यत्व का अन्य कोई साधन नहीं है। जो हंस नाम की परमेश्वरी महा विद्या को देता है ॥२६॥ उसको सदा शुद्ध बुद्धि से सेवा करनी चाहिये। इस जगत में शुभ, अशुभ या अन्य जो कुछ गुरु ने कहा हो ॥२७॥ उसको संतोष युक्त शिष्य विचारे बिना हो करे। इस हंसविद्या को मनुष्य गुरु से प्राप्त करके ॥२८॥ आत्मा से आत्मा को साक्षात् निश्चल ब्रह्म जान कर वर्णाश्रम से युक्त देह जाति आदि संबंधों को ॥२९॥ तथा वेद और अन्य शास्त्रों को पैर की रज के समान त्याग देवे और गुरु भक्ति सदा करे इससे मनुष्य कल्याण को प्राप्त होता है ॥३०॥ गुरु साक्षात् हरि है, अन्य नहीं ऐसा श्रुति कहती है ॥३१॥ श्रुति ने जो कहा है वह सब परमार्थ ही है, इसमें संशय नहीं है इसलिये श्रुति के विरोध होने पर कुछ भी प्रमाण नहीं है और जो अप्रमाण हो वह अनर्थकारी ही होती है ॥३२॥

Scanned by CamScanner

देह में स्थित को सकल और देह से रहित को निष्कल कला से रहित जानना चाहिए। आप्त-गुरु के उपदेश से जानने योग्य वह सर्वत्र समान स्थित है ॥३३॥ जो हंस हंस इस प्रकार बोलता है। ब्रह्मा, हरि और शिव है, वह गुरु मुख से सर्वत्र मुख वाले परब्रह्म को प्रत्यक्ष प्राप्त करता है ॥३४॥तिलों में जैसे तैल और पुष्प में गन्ध रहता है इसी प्रकार पुरुष के शरीर में बाहर और भीतर वह स्थित है ॥३५॥ जिस प्रकार लोक में पलीते को हाथ में लेने वाला वस्तु को देख कर उस पलीते को त्याग देता है इसी प्रकार ज्ञान से ज्ञेय को देख कर पीछे ज्ञान को भी त्याग दे ॥३६॥ सब को पुष्प के समान जाने और उसकी गन्ध को कला रहित जाने, सबको वृक्ष जाने और उसकी छाया को कला रहित जाने ॥३७॥ निष्कल और सकल भाव सर्वत्र ही स्थित हैं, कलायुक्त भाव उपाय है और उपेय (प्राप्त होने योग्य वस्तु ब्रह्म) कला रहित है ॥३८॥ कला सहित में सब भाव हैं, कला रहित में कोई नहीं है। एक मात्रा, दो मात्रा और तीन मात्रा भेद से ॥३९॥ अर्ध मात्रा को परा-उत्तम जाने। उसके ऊपर पर से पर है। पांच प्रकार का पांच दैवत वाला सकल पढ़ा जाता है॥४०॥ब्रह्मा का हृदय स्थान है; विष्णु कंठमें स्थितहै, तालूके मध्य में रुद्र स्थित है और मस्तक में महेश्वर है॥४१॥नासाके अग्र भाग में अच्युतको जाने, उसके अन्तमें परमपद है परत्वसे पर कोई नहीं है, ऐसा शास्त्र का निर्णय है ॥४२॥ उस देहातीतको नासाके अग्र में बारह अंगुल का जाने, उसका अन्त उसको जाने, उसमें

स्थित प्रभु व्यापक है ॥४३॥ मनको अन्य में लगावें, अथवा नेत्र को अन्य पर डालें तो भी योगियों का योग अपरिच्छिन्न ही रहता है ॥४४॥

यह परम गुप्त है, यह परम शुभ है। इससे बढ़कर और कुछ नहीं है, इससे बढ़ कर और शुभ नहीं है ॥४५॥ शुद्ध ज्ञान रूपी अमृत को प्राप्त करके परम अक्षर का निर्णय होता है, गुप्त से भी अत्यन्त गुप्त को प्रयत्न करके ग्रहण करना चाहिए ॥४६॥ यह शास्त्र जो पुत्र न हो उसको न देना चाहिए, जो शिष्य न हो उसको कभी न देना चाहिए। गुरुदेव के भक्त, नित्य भक्ति परायण को ॥४७॥ यह शास्त्र देना चाहिए, दूसरे को नहीं देना चाहिए, यदि दे तो इसका दाता नरक को जाता है कभी सिद्धि नहीं प्राप्त होती ॥४८॥

गृहस्थ, ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ अथवा संन्यासी हो वह कहीं भी रहता हो वह अक्षर ब्रह्म को जानने वाला ज्ञानी ही है॥४९॥

इस शास्त्र के ज्ञान से सब अवस्थाओं में विषयों में आसक्त विषयी मनुष्य भी दूसरे देह में शुभ को प्राप्त होता है ॥५०॥ ब्रह्म हत्या और अश्वमेधादि के पुण्य और पापों से लिप्त नहीं होता। प्रेरक, बोधक और मोक्ष देने वाले श्रेष्ठ समझे गये हैं ॥५१॥ संसार में इस प्रकार इन तीनों प्रकार के आचार्यों को जाने, प्रेरक मार्ग दिखलाता है, बोधक स्थान पर चलाता है ॥५२॥ मोक्ष

Scanned by CamScanner

देने वाला परम तत्त्व है, जिसको जान कर परमात्मा को प्राप्त होता है।

हे गौतम ! देह में प्रत्यक्ष पूजन को संक्षेप से सुन ॥५३॥ इस पूजन को करने से वह मनुष्य सनातन अव्यय पद को प्राप्त होता है और स्वयं ही देह में कला रहित विन्दु को देखता है ॥५४॥ हे वत्स ! दोनों अयनों के समान दिन रात्रि में प्रथम रेचक; पूरक और कुम्भक प्राणायाम को करके मार्ग जानने वाला सदा देखता है ॥५५॥ प्रथम दोनों का उच्चारण करके यथाक्रम से पूजन करे, नमस्कारसे, योगसे और मुद्रासे आरम्भ करके अर्चन करे ॥५६॥ हे वत्स ! सूर्य का ग्रहण प्रत्यक्ष यजन कहा गया है। जैसे जल में जल इसी प्रकार ज्ञान से ही सायुज्य कहा है ॥५७॥ योगाभ्यास का श्रम करने से इतने गुण वर्तते हैं। इसलिये योग करके सब दुःखों को बाहर करके ॥५८॥ हंस मंत्र का उच्चारण करता हुआ योग रूप ध्यान करके ज्ञान की तन्मयता को प्राप्त करें। ज्ञान से परम स्वरूप को प्राप्त होता है ॥५९॥ प्राणियों के देह के मध्य में अच्युत हंस सदा स्थित है। हंस परम सत्य है, हंस ही शक्ति वाला है ॥६०॥ हंस ही परम वाक्य है, हंस ही वेदों का सार है, हंस ही परम रुद्र है, हंस ही पर से पर है ॥६१॥

सब देवों के मध्य में स्थित हंस ही महेश्वर है। पृथिवी से लेकर शिव पर्यन्त और अकारादि वर्णों से ॥६२॥ 'क्ष' कार तक हंस ही मात्राओं के समान स्थित है, मात्रा रहित मंत्र का

कहीं भी उपदेश नहीं दिया जाता ॥६३॥ हंस रूप उपमा रहित ज्योति देवों के मध्य में स्थित है। दक्षिण की तरफ मुंह करके ज्ञान मुद्रा धारण करे ॥६४॥और हंस मंत्र का स्मरण करता हुआ सदा समाधि करे ।निर्मल स्फटिक के आधार वाले परम उत्तम दिव्य रूप ॥६५॥ मध्य देश में ज्ञान मुद्रा वाले आत्म रूप, परमहंस का स्मरण करे। प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, वायु ॥६६॥ पांच कर्मेन्द्रियों से युक्त होकर क्रिया शक्ति और बल वाले होते हैं। नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनंजय ॥६७॥ पांच ज्ञानेन्द्रियों से युक्त होकर ज्ञान शक्ति और बल वाले होते हैं। शक्ति में अग्नि और नाभि चक्र में सूर्य स्थित है ॥६८॥ प्रथम बंध मुद्रा करे, नासिका के अग्र और अपने नेत्रों में अकार में अग्नि कहा है, उकार में अग्नि हृदय में स्थित है ॥६९॥मकार में और भ्रकुटियों के मध्य में प्राण शक्ति को लगावे। ब्रह्म ग्रन्थि अकार में और विष्णु ग्रन्थि हृदय में स्थित है ॥७०॥ रुद्र ग्रन्थि भ्रकुटियों के मध्य में अक्षर वायु भेदन की जाती है। अकार में ब्रह्मा स्थित है, उकार में विष्णु स्थित हैं ॥७१॥मकार में रुद्र स्थित है, उसके अन्त में पर से पर है। कण्ठ को सकोड़ कर नाड़ी आदि जिसकी शक्ति से अचल हो जाती हैं ॥७२॥ जिह्वा को दवाकर सोलह आधार वाली, ऊपर जाने वाली, तीन शिखर वालीं, तीन प्रकार की, ब्रह्मरंध्र में जाने वाली अत्यन्त सूक्ष्म उस सुषुम्ना नाड़ी को तथा ॥७३॥ त्रिशंख, वज्ररूप ॐकार

Scanned by CamScanner

रूप, ऊर्ध्व नाल वाली. भ्रकुटियों की तरफ जाने वाली कुण्डली और प्राणों को चला कर, चन्द्र मण्डल को भेदन करके ॥७४॥ वज्रकुम्भ का साधन करते हुये नौ द्वारों को बन्द करे। प्रीति पूर्वक निर्गुण मन को पवन पर आरूढ़ करे ॥७५॥ तो ब्रह्म स्थान में नाद होवे और शाकिनी नाडी अमृत वर्षनि वाली होवे। षट्चक्र मण्डल के भेदन करने से ज्ञान दीपक प्रकाशित होता है ॥७६॥ सब भूतों में स्थित देव सबके ईश्वर का नित्य पूजन करे। उस आत्म रूप, ज्ञान रूप, रोग रहित को देख कर ॥७७॥ सर्व व्यापक माया रहित को दिव्य रूप से देखता हुआ 'हंस हंस' इस वाक्य को बोले, प्राणियों के देह में स्थित वह प्राण और अपान की ग्रन्थि अजपा कहलाती है ॥७८॥ सदा इक्कीस हजार छः सौ उच्चारण करता हुआ हंस सोऽहम् कहलाता है ॥७९॥ कुण्डली के पूर्व भाग में अधोलिंग का, शिखा में पश्चिम लिंग का, भ्रकुटियों के मध्य में ज्योतिर्लिङ्ग का यती नित्य ध्यान करे ॥८०॥ मैं अच्युत हूं, मैं अचिंत्य हूं, मैं तर्क में न आऊं ऐसा हूं, मैं अजन्मा हूँ, मैं प्राण रहित हूँ, मैं काया रहित हूं, मैं अङ्गों से रहित हूँ, मैं भय रहित हूँ ॥८१॥ मैं अशब्द हूँ, मैं अरूप हूँ, मैं स्पर्श रहित हूँ। मैं अद्वय हूँ, मैं रस रहित हूँ, मैं गन्ध रहित हूँ, मैं अनादि अमृत हूँ, ॥८२॥ मैं नाश रहित हूं; मैं लिंग रहित हूँ, मैं अजर हूँ, मैं कला रहित हूँ। प्राण रहित हूँ, मैं अमूक (गूंगा नहीं) हूँ, मैं अचिंत्य हूँ, मैं अक्रिय हूं ॥८३॥ मैं अन्तर्यामी हूँ, मैं पकड़ने योग्य नहीं हूँ, मैं कथन न करने योग्य

और लक्षण रहित हूँ। मैं गोत्र रहित हूँ, मैं गात्र रहित हूँ, मैं चक्षु रहित हूँ, मैं वाणी रहित हूं ॥८४॥ मैं अदृश्य हूं, मैं वर्ण रहित हूँ, मैं अखण्ड हूँ, मैं अद्भुत हूँ, मैं न सुना हुआ हूँ, न देखा हुआ हूँ, मैं खोजने योग्य हूँ, मैं अमर हूँ ॥८५॥ मैं वायु रहित, आकाश रहित, तेज रहित, अव्यभिचारी हूँ, मैं न माना हुआ हूँ, न जन्मा हुआ, अति सूक्ष्म अविकारी हूँ ॥८६॥ मैं रजोगुण तमोगुण रहित हूं, सतोगुण रहित, गुण रहित हूँ, मैं माया रहित अनुभव स्वरूप हूँ, मैं अनन्य अविषय हूँ ॥८७॥ मैं अद्वैत हूँ, मैं अपूर्ण हूँ, मैं बाहर रहित हूँ, मैं भीतर रहित हूँ, मैं श्रोत रहित हूँ, मैं अदीर्घ हूँ, मैं टुकड़ा रहित हूँ, मैं रोग रहित हूँ ॥८७॥ मैं अद्वय आनन्द रूप विज्ञान घन हूँ, मैं विकार रहित हूँ। मैं इच्छा रहित हूँ, मैं लेप रहित हूँ, मैं अद्वय अकर्ता हूँ ॥८९॥ मैं अविद्या के कार्य से रहित हूँ, वाणी और रसना का अविषय हूँ। मैं अल्प नहीं हूँ, मैं शोक रहित हूँ, मैं विकल्प रहित और विशेष अग्नि रहित हूँ ॥९०॥ मैं आदि, मध्य और अन्त से रहित हूँ, मैं आकाश के समान हूँ, मैं आत्म चैतन्य रूप हूँ, मैं आनन्द चेतन घन हूँ, ॥९१॥ मैं आत्म संस्था हूँ, आनन्द अमृत रूप हूँ, मैं भीतर हूँ, मैं आत्मकाम हूँ, मैं आकाश से परम आत्मा ईश्वर हूँ ॥९२॥ मैं ईशान हूं, मैं पूज्य उत्तम पुरुष हूँ, मैं उत्कृष्ट हूँ, मैं उपद्रष्टा हूँ, मैं पर से पर हूँ ॥९३॥ मैं केवल हूँ, कवि हूँ, कर्म का अध्यक्ष और कारण का अधिपति हूँ, मैं गुप्त आशय हूँ, गुप्त रखने वाला हूँ, मैं नेत्रों का नेत्र

Scanned by CamScanner

हूँ ॥९४॥ मैं चित् आनन्द हूँ, चेतनता देने वाला, चिद्घन, चिन्मय हूँ। मैं ज्योतिमय हूँ, मैं उत्तम ज्योतियों में ज्योति हूँ ॥९५॥ मैं अंधेरे का साक्षी हूँ, मैं अंधेरे से पर तुर्य का तुर्य हूँ, मैं दिव्य देव हूँ, मैं दुर्दर्श, दृष्टि का आधार ध्रुव हूँ ॥९६॥ मैं नित्य हूँ, मैं दोष रहित हूँ, मल रहित और क्रिया रहित हूँ। मैं निर्मल और निर्विकल्प हूँ, निश्चल और नाम रहित हूँ ॥९७॥मैं निर्विकार, नित्य पवित्र, निर्गुण और स्पृहा रहित हूँ, मैं इन्द्रिय रहित नियामक हूँ, मैं कला रहित और अपेक्षा रहित हूं ॥९८॥ मैं पुरुष परमात्मा हूँ, मैं परम पुराण हूँ, मैं आर पार हूं, मैं प्राज्ञ प्रपंच का नाश करने वाला हूँ ॥९९॥ मैं परम अमृत हूँ, प्राचीन पूर्ण प्रभु हूँ, मैं पूर्ण आनन्द एक बोध रूप हूँ, मैं प्रत्यक्ष एक रस हूँ ॥१००॥ मैं प्रज्ञाता हूँ, मैं प्रशान्त, प्रकाश, परमेश्वर हूँ, मैं द्वैत अद्वैत से विलक्षण एक प्रकार से चिंतवन करने योग्य हूं ॥१०१॥ मैं बुद्ध हूँ, मैं भूतपाल हूँ, मैं प्रकाश रूप भगवान् हूँ, मैं महान् महाज्ञेय महेश्वर हूँ ॥१०२ मैं विमुक्त हूँ, मैं विभु हूँ, श्रेष्ट और व्यापक हूँ, वैश्वानर, वासुदेव विश्व का चक्षु हूँ ॥१०३॥ मैं विश्व से अधिक हूँ, निर्मल विष्णु विश्व का करने वाला हूँ, मैं शुद्ध हूं, लूक्ल शान्त हूँ, शाश्वत हूँ, शिव हूँ ॥१०४॥ मैं सब भूतों का आंतरात्मा सनातन हूँ। मैं अपनी महिमा में सदा स्थित एक साथ प्रकाशित हुआ हूँ ॥१०५॥ मैं सब का आन्तर, ज्योति सबका अधिपति हूँ, मैं सब भूतों का निवास स्थान हूँ, मैं सर्व व्यापक स्वयं राजा हूँ ॥१०६॥ सबका

साक्षी, सबका आत्मा सब भूतों का गुहाशय। सब इन्द्रियों और गुणों का प्रकाश, सब इन्द्रियों से रहित हूँ ॥१०७॥ मैं तीनों स्थानों से अतीत हूँ, मैं सब पर अनुग्रह करने वाला हूँ। मैं सच्चिदानन्द, पूर्ण आत्मा सबके प्रेम का विषय हूँ ॥१०८॥ मैं सच्चिदानन्द मात्र, स्व प्रकाश, चेतन घन हूँ। मैं सत्व स्वरूप, सन्मात्र सिद्ध और सबका आत्मा हूँ ॥१०९॥ अधिष्ठान, सन्मात्र, स्वआत्मा के बंध को हरने वाला हूँ। मैं सबका ग्रास करने वाला हूँ, मैं सबका द्रष्टा और सबका अनुभव हूँ ॥११०॥ जो इस प्रकार तत्त्व से जानता है, वह ही पुरुष कहलाता है, यह उपनिषत् है॥

योग

Scanned by CamScanner

योग तत्त्वोपनिषत् ।

[२१]

योगियों के हित की इच्छा से मैं योग तत्व को कहता हूं, जिसके सुनने और पढ़ने से सब पापों से छूट जाता है ॥१॥ सब भूतों का आदि भगवान् विष्णु ही महान् तपस्वी और महा योगी है। वह पुरुषोत्तम योग मार्ग में दीपक के समान दिखाई देता है ॥२॥ पितामह ब्रह्मा ने उस जगन्नाथ की आराधना करके और नमस्कार करके पूछा "अष्टांग सहित योग तत्व मुझसे कहिये" ॥३॥ उससे हृषीकेश भगवान् ने कहा मैं तत्व को कहता हूं, सुनः—

सब जीव सुख दुःख के माया जाल से घिरे हुए हैं॥४॥ उनकी मुक्ति करनेवाला माया जालको काटनेवाला, जन्म, मृत्य जरा और व्याधि का नाश करने वाला और मृत्युसे पार करनेवाला यहीमार्ग है॥५॥ कैवल्य परम पद अनेक मार्ग करके कठिनाई से प्राप्त होने योग्य है, (क्योंकि) शास्त्र जाल में पड़े हुओं की बुद्धि उससे मोहित है ॥६॥ स्वात्म प्रकाश रूप अकथनीय पद को देवता भी नहीं कह सकते तो उसका शास्त्र से किस प्रकार प्रकाश किया जाय ॥७॥ कला रहित, मल रहित, शांत, सबसे पर उपद्रव रहित ऐसा वह ही जीव रूप होने से पुण्य और पाप के फलों से युक्त होता है ॥८॥

वह परमात्मा पद, नित्य, सर्व भाव और पदसे अतीत, ज्ञान रूप, माया रहित है, तो वह किस प्रकार जीवत्व को प्राप्त हुआ ? ॥९॥

जलके समान उसमें से स्फुरन हुआ, उस (स्फुरन) में से अहंकार उत्पन्न हुआ, और पांच महा भूत रूप, धातु से बंधा हुआ, गुण रूप पिंड हुआ ॥१०॥ सुख दुःख से युक्त होकर जीने की भावना करने लगा इसलिये पंडितों ने परमात्मा में जीव भाव कहा है ॥११॥ काम, क्रोध, भय, मोह, लोभ, मद, रजोगुण, जन्म मृत्यु, कृपणता, शोक, तन्द्रा, भूख, प्यास, ॥१२॥ तृष्णा, लज्जा, भय, दुःख, विषाद और हर्ष, इन दोषों से छुटा हुआ वह जीव केवल माना गया है ॥१३॥ इसलिये दोष के नाश करने के लिये मैं तुझे उपाय बताता हूं। योग रहित ज्ञान किस प्रकार अचल मोक्ष को देने वाला हो ? ॥१४॥ ज्ञान रहित योग भी मोक्ष करने में समर्थ नहीं है। इसलिये मुमुक्षु ज्ञान और योग का दृढ़ अभ्यास करे ॥१५॥ अज्ञान से ही संसार है, ज्ञान से ही निवृत होता है। आदि में ज्ञान स्वरूप ही है, और ज्ञान ही ज्ञेयका एक मात्र साधन है ॥१६॥ जिस करके कैवल्य, परमपद, कला रहित, निर्मल, साक्षात् सच्चिदानन्द रूप, उत्पत्ति स्थिति संहार और फुरना के ज्ञान से रहित, अपना रूप जाना जाय वह ज्ञान कहलाता है। अब मैं तुझसे योग कहता हूं ॥१७–१८॥

Scanned by CamScanner

हे ब्रह्मा ! व्यापार के भेदसे योगके बहुत से भेद हैं मंत्रयोग, लययोग हठ और राजयोग ॥१९॥ आरम्भ, घट, परिचय और निष्पत्ति ये योग की अवस्थायें सर्वत्र की गई है ॥२०॥ हे ब्रह्मा ! इनके लक्षण मैं संक्षेप से कहता हूँ, सुनः—जो मात्रा युक्त बारह सौ मंत्र जपे ॥२१॥ वह क्रम से अणिमा आदि गुण युक्त ज्ञानका प्राप्त करता है। इस योग को अल्प बुद्धि मन्द साधन करता है ॥२२॥ चित्त का लय रूप लययोग करोड़ों प्रकार का कही गया है। चलते, बैठते, सोते, खाते, कला रहित ईश्वर का ध्यान करे ॥२३॥ वह ही लययोग है। अब हठयोग सुन। यम, नियम आसन, प्राणों का संयम ॥२४॥ प्रत्याहार, धारणा और भ्रकुटी मध्य में हरि का ध्यान, समाधि—समतावस्था यह अष्टांग योग कहलाता है ॥२५॥ महामुद्रा, महाबन्ध, महा वेध और खेचरी, जालंधर, उड्डियाण और मूलबन्ध ॥२६॥ दीर्घ प्रणव का अनुसंधान, परम सिद्धांतका श्रवण, वज्रोली अमरोली और सहजोली तीन प्रकार की मानी गई है ॥२७॥ हे ब्रह्मा ! इनमें प्रत्येक के ठीक २ लक्षण सुन।

यमों में एक सूक्ष्म आहार ही मुख्य है, अन्य नहीं ॥२८॥ हे चतुरानन ! नियमों में एक अहिंसा ही मुख्य है। सिद्ध, पद्म, सिंह और भद्र ये चार आसन हैं ॥२९॥ हे चतुरानन ! प्रथम अभ्यास काल में विघ्न होते हैं। आलस्य, अपनी बड़ाई करना, धूर्तपने की बातें, मंत्र आदि साधन ॥३०॥ धातु और स्त्री की लोलुपता आदिक को बुद्धिमान् मृग तृष्णा और रोग जान कर

इन सब विघ्नों को पुण्य के अभाव से त्याग दे ॥३१॥ फिर स्वयं पद्मासन से बैठकर प्राणायाम करे। सूक्ष्म द्वार वाला छिद्र रहित सुन्दर मठ बनावे ॥३२॥ सुन्दर गोबर से लिपा हुआ प्रयत्न पूर्वक निर्मल किया हुआ हो। खटमल, मच्छर, और मकड़ी से रहित हो और प्रयत्न पूर्वक ॥३३॥ दिन प्रतिदिन झाड़ कर शुद्ध किया जाय और विशेष करके धूप गुग्गल आदि सुगन्धों से सुगन्धित किया जाय ॥३४॥ मृगचर्म, वस्त्र और कुशा के न अत्यन्त ऊँचे और न अत्यन्त नीचे आसन पर बुद्धिमान् पद्मासन से बैठकर ॥३५॥ सीधा शरीर कर, हाथ जोड़, इष्ट देवता को नमन करे। फिर दक्षिण हाथ के अंगूठे से पिंगला (नाड़ी) को ॥३६॥ रोक कर इडा नाड़ी से धीरे-धीरे वायु को भरे। फिर यथा शक्ति विरोध रहित कुम्भक करे ॥३७॥ फिर धीरे से पिंगला को छोड़े वेग से नहीं। फिर पिंगला से वायु खेंचकर धीरे-धीरे उदर को भरे ॥३८॥ यथा शक्ति धारण करके इडा से धीरे-धीरे निकाले। जिससे छोड़े उसीसे भर के विरोध रहित धारण करे ॥३९॥ न शीघ्र न विलम्ब से जानु की प्रदक्षिणा करके चुटक। बजावे इतने काल को मात्रा कहते है ॥४०॥ इडा द्वारा सोलह मात्रा से धीरे२ वायु को भरकर, कुम्भक करे पीछे चौसठ मात्रा तक कुम्भक करे ॥४१॥ फिर पिंगला नाड़ी से बत्तीस मात्रासे निकाले। पिंगला से भर कर पूर्व के समान सावधान होकर ॥४२॥ सवेरे, दोपहर संझा और आधी रात को चार वार धीरे २ अस्सी कुम्भकों तक का अभ्यास करे ॥४३॥ इस प्रकार तीन मास के अभ्यास से

Scanned by CamScanner

नाड़ियों की शुद्धि हो जाती है। जब नाड़ियों की शुद्धि होजाती है तब जो बाहर के चिन्ह ॥४४॥ योगी की देह में उत्पन्न होते है, उन सब को कहता हूँ। शरीर का हल्कापन, कांति, जठराग्नि का बढ़ना ॥४५॥ तथा तब शरीर की कृषता अवश्य होती है। योग में विघ्न करने वाला आहार श्रेष्ठ योगी को वर्जित है॥४६ नमक सरसों, खट्टा, उष्ण, रूखा और तीक्ष्ण पदार्थ, हरा शाक, हींग आदि अग्नि, स्त्री, मार्ग का सेवन ॥४७॥सवेरे का स्नान, उपवास और काया के क्लेशोंका योगी त्याग दे। अभ्यास काल में प्रथम दूध घीके भोजन श्रेष्ठ हैं॥४८॥ गेहूँ, मूंग और चावल को योगकी वृद्धि करने वाला जाने। ऐसा करने से वायु धारण करने में इच्छानुसार समर्थ होता है ॥४९॥ इच्छानुसार वायु धारण करने से केवल कुम्भक सिद्ध होता है। रेचक पूरक रहित केवल कुम्भक सिद्ध होने पर ॥५०॥ उसको तीनों लोकों में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता। प्रथम पसीना आता है, उसको मल लेवे॥५१॥ फिर क्रम से धीरे-धीरे वायु धारण करने से आसन पर स्थित देहो के देह में कम्प होता है ॥५२॥ फिर अधिक अभ्यास करने से मेंड़क का सा शब्द होता है, जिस प्रकार मेंड़क उछल २ कर चलता है ॥५३॥ पद्मासन से बैठा हुआ योगी तब भूतल में जाता है। उससे अधिक अभ्यास से भूमि का त्याग हो जाता है ॥५४॥ पद्मासन से बैठा हुआ वह भूमि छोड़कर वर्तता है और मनुष्य से न होने योग्य चेष्टा आदि करने का सामर्थ्य उत्पन्न होता है ॥५५॥ योगी अपना सामर्थ्य किसी को दिखावें नहीं, स्वयं अपने आप देखे

तो उससे अधिक उत्साह बढ़ता है। फिर वह योगी थोड़े या बहुत दुःख से पीड़ा को नहीं प्राप्त होता ॥५६॥ अल्प मल मूत्र वाला और अल्प निद्रावाला हो जाता है कीचड़, नजला, लार, पसीना और मुख में दुर्गन्ध ॥५७॥ ये सब इसके पीछे उसको किसी प्रकार से नहीं होते।

उससे अधिक अभ्यास करने से बहुत बल उत्पन्न होता है ॥५८॥ जिसको भूचर सिद्धि होजाती है, भूचरोंपर जय प्राप्त करनेको समर्थ होता है। व्याघ्र, शरभ हाथी अथवा गवय ॥५९॥ अथवा सिंह उस योगी के हाथसे ताड़न कियेहुए मरजाते हैं। काम देवके समानयोगी कारूपहोजाता है ॥६०॥ उसके रूप वश होकर स्त्रियां उसके संगम को इच्छा करती हैं। यदि यह संगम करे तो उसका बिन्दु क्षय हो जाता है ॥६१॥ स्त्रियों का संग छोड़ कर आदर से अभ्यास कर। बिन्दु को धारण करने से योगी के अंग में सुगन्ध उत्पन्न होता हैं ॥६२॥ तब एकांत में बैठ कर पूर्व किए हुए पापों के नाश करने के लिये प्लुत मात्रा से प्रणव को जपे ॥६३॥ प्रणव मंत्र सब विघ्नों और सब दोषों का हरने वाला है। इस प्रकार अभ्यास योग से आरम्भ ही में सिद्धियां प्राप्त होती हैं ॥६४॥ तब पवन के अभ्यास परायण होने से घटावस्था होती है। प्राण, अपान, मन, बुद्धि तथा जीवात्मा और परमात्मा ॥६५॥ इनके एक दूसरे के अविरोध से जब एकता घटती है। तब वह घटावस्था कहलाती है, मैं उसके चिह्न कहता हूँ ॥६६॥

Scanned by CamScanner

जो पूर्व में अभ्यास कहा है, उसका चौथा अंश ग्रहण करे। दिन में या रात में एक पहर मात्र अभ्यास करे ॥६७॥ प्रति दिन एकवार केवल कुम्भक करे। योगी कुम्भक में स्थित होकर इन्द्रियों को इन्द्रियों के विषयोंसे जो भली प्रकार खींच लेता है वह प्रत्याहार कहलाता है जो जो नेत्रों से देखे उस उसको 'वह आत्मा ही है' इस प्रकार भावना करे ॥६८-६९॥जो कर्णों से सुने उस उस को 'वह आत्मा है' इस प्रकार भावना करे। जो जो नासिका से प्राप्त करे उस उस को 'वह आत्मा है' ऐसी भावना करे ॥७०॥ जिह्वा से जो जो रस खावे उस उस को वह आत्मा है' ऐसी भावना करे। त्वचा से योगी जिस २ को छुये उस २ को 'वह आत्मा है' ऐसी भावना करे ॥७१॥ इस प्रकार ज्ञानेन्द्रियों के उन २ सुखों को योगी प्रति दिन एक पहर तक आलस्य रहित प्रयत्न पूर्वक साधन करे ॥७२॥ ज्यों २ योगी के चित्त का सामर्थ्य दृढ़ होता जाता है, त्यों २ दूरका सुनना, क्षण में तेर से आना तथा ॥७६॥ वचन सिद्ध, काम रूपपना, अदृश्य हो जाना तथा मल मूत्र लेपन करने से लोहे आदिका सोना हो जाना ये सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं ॥७४॥ सदा अभ्यास के योग से उस की आकाश में गति हो जाती है। बुद्धिमान् योगी को योग की सिद्धि के लिये सदा भावना करनी चाहिए ॥७५॥ सिद्धि में ये विघ्न होते हैं, बुद्धिमान् उनमें प्रीति न करे। योगीराज अपने सामर्थ्य को हर किसी को न दिखलावे ॥७६॥ जैसे मूढ़, मूर्ख अथवा बहिरा होता है इसी प्रकार लोगों से अपने सामर्थ्य के

गुप्त रखने को वर्ते ॥७७॥ शिष्य अपने अपने कार्य के लिये प्रार्थना करते हैं, इसमें संशय नहीं है परंतु उस २ कर्म के करने में व्यग्र होने से अपने अभ्यास को न भूल जावे ॥७८॥ गुरु के वाक्य को न भूल कर दिन रात अभ्यास करे। इस प्रकार सदा अभ्यास के योगसे घटावस्था होती है ॥७९॥ बिना अभ्यास किये वृथा बातों से सिद्धि नहीं होती। इसलिये प्रयत्न पूर्वक सदा योग का अभ्यास करे ॥८०॥ फिर अभ्याससे योग से परिचय अवस्था होती है। यत्न से अग्नि और कुंडली सहित वायु का परिचय करके ॥८१॥ भावना करके सुषुम्ना में हठ रहित प्रवेश करे। वायु के साथ चित्तको महापथ (सुषुम्ना) में प्रवेश करे ॥८२॥

जिसका चित्त और पवन सुषुम्ना में प्रवेश करता है उसके लिये भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश ॥८३॥ इन पांचों में देवताओं की पांच प्रकार की धारणा कही जाती है। पैर से जानु तक पृथिवी का स्थान कहलाता है ॥८४॥ पृथिवी चार कोण वाली, पीले रंग की और 'ल' वर्ण वाली है, पृथिवी में वायु को आरोप कर के लकार से युक्त हो कर ॥८५॥ सुवर्ण के रंग वाले चार भुजा वाले और चार मुख वाले ब्रह्मा का ध्यान करता हुआ पांच घड़ी तक धारणा करे तो पृथिवी पर जय प्राप्त होता है ॥८६॥ पृथिवी के योग से उस योगी का मृत्यु नहीं होता। जानु से गुदा पर्यन्त जल का स्थान कहा है ॥८७॥ जल अर्ध चन्द्र

Scanned by CamScanner

वाला शुक्ल और 'वं' बीज वाला कहा गया है। जल में वायु का आरोप कर के वकार से युक्त हो कर ॥८८॥ चार भुजा वाले, शुद्ध स्फटिक के समान तथा पीले वस्त्र वाले, अच्युत नारायण देव का स्मरण करता हुआ ॥८९॥ पांच घड़ी तक धारणा करे तो सब पापों से अत्यन्त मुक्त हो जाता है। फिर जल से भय नहीं होता, न जल से मृत्यु होता है ॥९०॥ गुदा से ले कर हृदय पर्यन्त अग्नि का स्थान कहा है। अग्नि तीन कोण वाला, लाल, 'रफ' अक्षर से उत्पन्न हुआ है ॥९१॥ अग्नि में वायु का आरोप करके 'र' अक्षरसेयुक्त दीप्तिमान् तीन नेत्रवाले, वर देने वाले तरुण सूर्य के समान प्रकाश वाले, सब अंग में भस्म लगाये हुए अत्यन्त प्रसन्नता वाले रुद्र का स्मरण करते हुए पांच घड़ी तक धारणा करे वह अग्नि से जलाया नहीं जाता ॥९२-९३॥ उनका शरीर अग्नि मंडल में प्रवेश करने पर भी नहीं जलता। हृदय से लेकर भ्रकुटी मध्य तक वायु का स्थान कहा है ॥९४॥ वायु छः कोण वाला, कृष्ण, यकार अक्षर से प्रकाशित है। मरुतों के स्थान में यकार अक्षर से प्रकाशित मारुत है ॥९५॥ वहां विश्वतोमुख सर्वज्ञ ईश्वर की धारणा करे। पांच घड़ी तक धारणा करने से वायु के समान आकाश में जाने वाला होवे ॥९६॥ उस योगी को वायु से भय अथवा मरण नहीं होता। भ्रकुटी के मध्य से मूर्धा के अन्त तक आकाश का स्थान कहा गया है ॥९७॥ आकाश गोल, धुआं रूप और हकार अक्षर से प्रकाशित है, आकाश में वायु का आरोप

करके हकार के ऊपर शंकर ॥९८॥ जो विन्दु रूप महादेव है, व्योम के आकार वाले सदाशिव है, शुद्ध स्फटिक के समान है, द्विज का चन्द्रमा मस्तक पर धारण किये हुए हैं ॥९९॥ पांच मुख वाले, सौम्य, दश भुजा वाले, तीन नेत्र वाले, सब अस्त्र धारण किये हुए, सब भूषणों से भूषित ॥१००॥ पार्वती के अर्ध देह वाले, सब कारणों के कारण हैं, उनको आकाश में धारणा करने से निश्चय आकाश में चलने की गति होती है ॥१०१॥ जहाँ कहीं भी टिका हुआ अत्यन्त सुखको भोगता है।

इसस प्रकार बुद्धिमान् योगी पांच प्रकारकी धारणा करे ॥१०२ तव शरीर दृढ़ होजाता है, उसका मृत्यु नहीं होता और वह महा-मति ब्रह्मा के लय होने पर भी दुःखी नहीं होता ॥१०३॥ छः घड़ी तक वायुको आकाश में रोक कर इष्ट सिद्धि देने वाले देवताओं का इस प्रकार ध्यान करे ॥१०४॥ सगुण ध्यान करने से अणिमा आदिक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। निर्गुण ध्यान युक्तको उससे समाधि होती है ॥१०५॥ वारह दिन में ही समाधि को प्राप्त करे यह बुद्धिमान् वायु को रोक कर जीवन्मुक्तहोता है॥१०६॥ जीवात्मा और परमात्मा की समान अवस्था समाधि है। यदि अपनी देह को छोड़ने की इच्छा होतो स्वयं छोड़ देवे ॥१०७॥ परब्रह्म में लय होने से फिर उसका उत्थान नहीं होता। यदि अपना शरीर प्रिय हो तो उसे न छोड़े ॥१०८॥ अणिमादि सिद्धियों से युक्तसब लोकों में विहार करता हुआ ,कभी अपनी इच्छासे देव होकर स्वर्ग में महत्वता को प्राप्त होता है॥१०९॥ अपनी इच्छा अथवा विचारसे

Scanned by CamScanner

ही मनुष्य अथवा यक्ष हो जाता है, सिंह व्याघ्र हाथी अथवा घोड़ा होकर अपनी इच्छा से ही अनेकता को प्राप्त हो जाता है ॥११०॥ महेश्वर योगी अपनी इच्छानुसार वर्ताव करता है।

अभ्यास के भेद से भेद है, फल तो समान ही है ॥१११॥ बायें पैर की एड़ी को योनि स्थान में लगावे। दाहिने पैर को पसार कर हाथों से दृढ़ पकड़े रहे ॥११२॥ ठोड़ी को छाती पर रख फिर वायु से पूर्ण करे। कुम्भक से यथाशक्ति धारण करके रेचन करे ॥११३॥ बायें अंग से अभ्यास करके फिर दायें अंग से अभ्यास करे। जो पैर फैलाया हुआ था उसको जांघ पर झुकावे ॥११४॥ यह ही महाबंध है, उसको दोनों तरफ से अभ्यास करे। महाबंध में स्थित योगी एकाग्र बुद्धि से पूरक करके ॥११५॥ कण्ठ मुद्रा से धारण किये हुए वायु की गति को रोक कर दोनों नथनों का संकोच करने से वायु शीघ्र भर जाता है ॥११६॥ यह ही महावेध सिद्धों से नित्य अभ्यास किया जाता है। कपाल के भीतर के छिद्र में जिह्वा को उलट कर धारण करे ॥११७॥ और भ्रकुटी के मध्य में दृष्टि रक्खे, यह खेचरी मुद्रा होती है। कण्ठ को सकोड़ कर दृढ़ बुद्धि से छाती पर रक्खे ॥११८॥ यह जालंधर नाम का बंध मृत्यु रूपी हाथी के लिये सिंह है। जिससे बंधा हुआ प्राण सुषुम्ना में उड़ जाता है ॥११९॥ इसलिये इसको योगियों ने उड्डयान बंध कहा है। एड़ी के भाग से योनी को भली प्रकार दबाकर संकोच करे ॥१२० ॥ अपान को ऊपर उठाना योनि-बंध कहलाता है। प्राण और

अपान तथा नाद और विन्दू मूल बंध से एकता को ॥१२१॥ प्राप्त होने से योग की सिद्धि प्राप्त होती है, इसमें संशय नहीं है। विपरीता नाम की करणी सब व्याधियों को नाश करने वाली है ॥१२२॥ नित्य अभ्यास कराने वाले की जठराग्नि को बढ़ाने वाली है और उस साधक का आहार बढ़ाने वाली है ॥१२३॥ यदि थोड़ा आहार हो तो उसी क्षण अग्नि देह को नाश करे। प्रथम दिन क्षण भर नीचे को शिर और ऊपर को पैर वाला होवे ॥१२४॥ और क्षण से कुछ अधिक प्रतिदिन अभ्यास बढ़ावे। तो तीन मास में झुर्रियां और वालों की सफेदी नहीं दिखाई देगी ॥१२५॥

जो एक पहर तक नित्य अभ्यास करे तो काल को जीतने वाला होवे। जो योगी वज्रोली का अभ्यास करता है वह सिद्धि का पात्र है ॥१२६॥ यदि (वज्रोली) प्राप्त हो जाय तो योग सिद्धि उसके हाथ में ही स्थित है। वह भूत भविष्य को जान जावे और निश्चय आकाशचारी होवे ॥१२७॥ जो अमरी का प्रतिदिन पान करे तथा नासिका द्वार नास ले और वज्रोलीका नित्य अभ्यास करे, वह अमरोली कहलाती है॥१२८॥ तव राजयोग होता है, देर नहीं लगती। जब राज योग द्वारा योगी क्रिया से रहित होते हैं ॥१२९॥ तब उनको निश्चय विवेक और वैराग्य प्राप्त होता है।विष्णु भगवान ही महा योगी, महा ऐश्वर्य वाला और महा तप वाला है ॥१३०॥ तत्व मार्ग में

Scanned by CamScanner

दीपक के समान वह पुरुषोत्तम दिखाई देता है, जो स्तन प्रथम पिया था उसको ही दवाकर आनन्द भोगता है ॥१३१॥ जिन योनि में से उत्पन्न हुआ था उसी योनि में रमता है। जो माता है वह फिर भार्या और जो भार्या है वह फिर माता होती है ॥१३२॥ जो पिता था वह ही पुत्र होता है और पुत्र पिता होता है। इस प्रकार संचार चक्र द्वारा कूप चक्र में घड़ों के समान ॥१३३॥ नाना योनियों में भ्रमता हुआ सुनकर लोकों को प्राप्त होता हैं। तीन लोक, तीन वेद, तीनसंध्या, तीन स्वर॥१३४॥ तीन अग्नि, तीन गुण, सब तीन अक्षरों में स्थित हैं, तीनों अक्षर और आधे अक्षर को भी जो योगी पढ़ता है ॥१३५॥ उसमें यह सब प्रोया हुआ है, वह सत्य है, वह परम पद है। पुष्प में जिस प्रकार गन्ध है, दूध में जिस प्रकार घी है ॥१३६॥ जैसे तिल में तेल है, जैसे पत्थर में सोना होता है वैसा वह व्यापक होता है।

हृदय स्थान में कमल स्थित है, उसका मुख नीचे की तरफ है ॥१३७॥ ऊपर डन्डी है, नीचे बिंदु है, उसके मध्य में मन स्थित है। अकार में रेचन किया हुआ कमल उकार से भेदन किया जाता है ॥१३८॥ मकार में नाद को प्राप्त करता है, अमात्रा निश्चल शुद्ध स्फटिक के समान कला रहित और पाप नाशक है ॥१३९। योग युक्त पुरुष उस परम पद को प्राप्त करता है। जिस प्रकार कछुआ अपने हाथ, पैर, सिर आदि को अपने में

धारण करता है ॥१४०॥ इसी प्रकार सब द्वारों में भर कर दवाया हुआ वायु नौ द्वारों के वन्द होने से ऊपर चला जाता है ॥१४१॥ घटमें वायु रहित दीप के समान कुंभक जान। नौ द्वार रोके हुये होने से निर्जन उपद्रव रहित देश में ॥१४२॥ योग का सेवन करने से केवल आत्म रूप से शेष रहा हुआ है ऐसा निश्चय करके जान यह उपनिषत् है ॥ इति योग तत्वोपनिषत् समाप्त ॥



Scanned by CamScanner

सुबालोपनिषत्।

[२२]

"वह क्या था ?" वे विचारने लगे। उससे कहा "वह न सत् था, न असत् था, उसमें से तम उत्पन्न हुआ, तम में से भूतादि, भूतादि से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी हुई। वह (पृथ्वी) अण्ड रूप हुई, उस (अण्ड) ने संवत्सर मात्र रह कर अपने दो विभाग किये, नीचे का भाग पृथ्वी और ऊपर का आकाश हुआ मध्य में पुरुष हुआ, यह दिव्य पुरुष हजारों शिर वाला, हजारों आंखों वाला, हजारों पैर वाला और हजारों भुजाओं वाला था। उसने प्रथम भूतों का मृत्यु उत्पन्न किया, उस तीन अक्षर वाले, तीन शिर वाले, तीन पाद वाले और खण्ड परशु वाले को (देखकर) ब्रह्मा डरता है। उसने ब्रह्मा में प्रवेश किया, उसने मानसी सात पुत्र उत्पन्न किए। उन सात विराट ने मानसिक सत्य प्रजा उत्पन्न की, वे ही प्रजापति हुए ब्राह्मण उसके मुख से हुए, भुजाओं से क्षत्रियों को उत्पन्न किया, उसकी जंघाओं से वैश्य और पैरों से शूद्र उत्पन्न हुए। चन्द्रमा मन से उत्पन्न हुआ, नेत्रों से सूर्य उत्पन्न हुआ, श्रोत्रों से वायु और प्राण हृदय से यह सब उत्पन्न हुआ ॥इति प्रथम खण्ड समाप्त हुआ ॥१॥

अपान से निषाद, यज्ञ, राक्षस और गन्धर्व, हड्डी से पर्वत, रोमों से औषधि और वनस्पति, ललाट से क्रोध रूप रुद्र उत्पन्न

होता है। उस महान् भूत के निश्वास में से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष, न्याय, मीमांसा, धर्मशा,स्त्र व्याख्यान, उपव्याख्यान और सब भूत होते हैं। उस हिरण्यज्योति आत्मा में भुवन और विश्व टिके हुए हैं। उसने अपने दो भाग किये, आधे से स्त्री और आधे से पुरुष। देव होकर देवों को उत्पन्न किया, ऋषि होकर ऋषियों को यक्ष, राक्षस, गन्धर्व, ग्राम और वन के पशुओं को (इसी रीति से) उत्पन्न किया। एक गौ हुई, दूसरा बैल, एक घोड़ी, दूसरा घोड़ा, एक गधी, दूसरा गधा, एक विश्वम्भरी और दूसरा विश्वम्भर हुआ। अन्त में उसने वैश्वानर होकर सब भूतों को जलाया। पृथिवी जल में लय हुई, जल तेज में लय हुआ, तेज वायु में लय हुआ, वायु आकाश में लय हुआ, आकाश इन्द्रियों में, इन्द्रियां तन्मात्राओं में, तन्मात्रा भूतादि में लय हुई। भूतादि महत् में लय हुए, महत् अव्यक्त में लय हुआ, अव्यक्त अक्षर में लय हुआ, अक्षर तम में लय हुआ और तम परदेव में मिल गया। उससे परे न सत् है, न असत् है, यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है यह वेद का उपदेश है ॥ इति दूसरा खण्ड समाप्त हुआ ॥२॥

पूर्व में यह असत् ही था। आत्मा उत्पत्ति रहित, भूत रहित प्रतिष्ठा रहित, शब्द रहित, स्पर्श रहित, रूप रहित, रस रहित, गन्ध रहित, व्यय रहित, महान् भाव से रहित, वृद्धि से रहित, जन्म रहित, मान कर धीर पुरुष शोच नहीं करता। प्राण रहित,

Scanned by CamScanner

मुख रहित, श्रोत्र रहित, वाणी रहित, मन रहित, तेज रहित, चक्षु रहित, नाम और गोत्र से रहित, शिर रहित, हाथ पैर रहित, चिकनाई रहित, लोहू रहित, प्रमाण रहित, न ह्रस्व, न दीर्घ, न स्थूल, न अणु, न अल्प, पार रहित, अकथनीय, न प्राप्त करने योग, तर्क रहित, न प्रकाश करने योग्य, न छुपाने योग्य अन्तर रहित, बाह्य रहित, वह न कुछ खाता है और न कोई उसको खाता है। उसको सत्य, दान, उपवास युक्त तप, ब्रह्मचर्य, निर्वेदन (वैराग्य) और संन्यास इन छः अंगों से प्राप्त करे। दम, दान और दया इन तीनों को धारण करे जो इस प्रकार जानता है, उसका प्राण उत्क्रमण नहीं करता, यहां ही लय हो जाता है। वह ब्रह्म होकर ब्रह्म को ही प्राप्त होता है॥ इति तीसरा खण्ड समाप्त हुआ॥ ३॥

हृदय के मध्य में लाल मांस का पिण्ड है, उसमें वह दहर रूप कमल, कुमुद के समान अनेक प्रकार से खिला हुआ है। हृदय में दश छिद्र होते हैं, जिनमें प्राण स्थित हैं। जब वह प्राण से युक्त होता है तब बहुत प्रकार के नदी और नगर देखता है, जब व्यान के साथ युक्त होता है तब देवता और ऋषियों को देखता है और जब अपान के साथ युक्त होता है तब यक्ष, राक्षस और गन्धर्वों को देखता है, जब उदान के साथ युक्त होता है तब देवलोक, देव, स्कन्द और जयन्त को देखता है और जब समान के साथ युक्त होता है तब देवलोक और धनों को देखता है। जब वैरम्भ के साथ संयुक्त होता है तब

देखे हुए, सुने हुए, खोये हुए, न खोये हुए, सत् और असत् सब को देखता है। ये दश दश नाड़ियां होती हैं, उन एक एक की बहत्तर बहत्तर शाखा हजार नाड़ियां होती हैं, जिसमें यह आत्मा सोता और शब्दों को करता है। जब वह दूसरे कोश में सोता है तब इस लोक और परलोक को देखता है, सब शब्दों को जानता है, वह संप्रसाद कहलाता है। प्राण शरीर की रक्षा करता है, हरी, नीली, पीली, लाल और सफेद नाड़ियां रुधिर पूर्ण हैं। यहां यह दहर कमल कुमुद के समान अनेक प्रकार से खिला हुआ है, जैसे केश के हजारों भाग किए हों वैसे ही सूक्ष्म हिता नाम की नाड़ियां हैं। हृदय आकाश के पर कोश में यह दिव्य आत्मा सोता है, जहां सोया हुआ न किसी कामना की इच्छा करता है, न किसी स्वप्न को देखता है, न वहां देव, न देवलोक, न अयज्ञ, न यज्ञ, न माता, न पिता, न बन्धु न सम्बन्धी, न चोर, न ब्रह्म हत्यारा, तेजःपुञ्ज अमृत स्वरूप जल में जैसे जल मग्न हो वैसा है। फिर उस मार्ग से सम्राट (आत्मा) जाग्रत में दौड़ता है" इस प्रकार उसने कहा॥ इति चौथा खण्ड समाप्त हुआ ॥४॥

जो स्थानियों को स्थान देता है, स्थान, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, चक्षु अध्यात्म है, द्रष्टव्य अधिभूत है और आदित्य अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो चक्षुओं में, जो द्रष्टव्य में, जो आदित्य में, जो नाड़ियों में जो प्राण में, जो विज्ञान—बुद्धि में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में है, जो इन

Scanned by CamScanner

सबके भीतर घूमता है सो यह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित, अनन्त आत्मा की उपासना करे। श्रोत्र अध्यात्म है, श्रोतव्य अधिभूत है, दिशा उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो श्रोत्र में, जो श्रोतव्य में, जो दिशाओं में, जो नाड़ियों में, जो प्राण में, जो बुद्धि में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में है, जो इन सबके भीतर घूमता है, सो यह आत्मा है उस अजर, अमर निर्भय, शोक रहित अनन्त आत्मा की उपासना करे। नासिका अध्यात्म है, घ्रातव्य अधिभूत है, पृथ्वी उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो नासिका में, जो घ्रातव्य में, जो पृथ्वीमें, जो नाड़ियों में, जो प्राणमें जो बुद्धि में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है, सो यह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय शोक रहित अनन्त आत्मा की उपासना करे। जिह्वा अध्यात्म है, चखने योग्य अधिभूत है, वरुण उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उससे सम्बन्ध वाली है, जो जिह्वा में, जो चखने योग्य में, जो वरुण में, जो नाड़ियों में, जो प्राणमें, जो बुद्धिमें, जो आनन्दमें, जो हृदयाकाश में, जो इन सबके भीतर घूमता है, वह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित, अनंत आत्मा कीउपासना करे। त्वचा अध्यात्महै, स्पर्श के योग्य अधिभूत है, वायु उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे संबंध वाली है, जोत्वचामें, जोस्पर्शकरने योग्यमें, जो वायुमें, जोनाड़ियों में, जो प्राणमें, जो बुद्धिमें, जोआनंदमें, जो हृदयाकाशमें, जो इन सब में घूमता है, वह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक

रहित अनन्त आत्मा की उपासना करे। मन अध्यात्म है, मन्तव्य अधिभूत है, चद्र उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो मन में, जो मन्तव्य में, जो चन्द्र में जो नाड़ियों में, जो प्राण में, जो बुद्धि में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है, वह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित अनन्त आत्मा की उपासना करे॥ बुद्धि अध्यात्म है बोद्धव्य अधिभूत है, ब्रह्मा उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो बुद्धि में, जो बाद्धव्य में, जो ब्रह्मा में, जो नाड़ियों में, जो प्राण में, जो विज्ञान में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है, वह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित अनन्त आत्मा की उपासना करे॥ अहंकार अध्यात्म है, अहंकार करने के योग्य अधिभूत है, रुद्र उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उन से सम्बन्ध वाली है, जो अहंकार में, जो अहंकार करने योग्य में, रुद्र में, जो नाड़ियों में, जो प्राण में, जो विज्ञान में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है वह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित, अनन्त आत्मा की उपासना करे॥ चित्त अध्यात्म है, चिन्तन योग्य अधिभूत है,क्षेत्रज्ञ उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो चित्त में, जो चिन्तन योग्य में, जो क्षेत्रज्ञ में, जो प्राण में, जो विज्ञान में, जो आनन्द में, जी हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है, वह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित, अनन्त आत्मा की उपासना करे॥ वाणी अध्यात्म है, वक्तव्य

Scanned by CamScanner

अधिभूत है, अग्नि उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो वाणी में, जो वक्तव्य में, जो अग्नि में, जो नाड़ियों में, जो प्राण में, जो विज्ञान में, जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है, वह आत्मा है उस अजर, अमर, निर्भय, शोक रहित, अनन्त आत्मा की उपासना करे ॥ हाथ अध्यात्म है, पकड़ने योग्य अधिभूत है, इन्द्र उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो हाथ में, जो पकड़ने योग्य में, जो इन्द्रमें, जो नाड़ियोंमें, जो प्राणमें, जो आनन्दमें जो हृदयाकाश में जो इन सब में घूमता है वह आत्मा है; उस अजर, अमर, निर्भय शोकरहित, अनन्त आत्माकी उपासना करे । पाद अध्यात्म है, चलना अधिभूत है, विष्णु उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो पाद में जो चलने में जो विष्णु में; जो नाड़ियों में जो प्राण में जो विज्ञान में जो आनन्द में जो हृदयाकाश में; जो इन सब में घूमता है, वह आत्मा है, उस अजर, अमर निर्भय शोक रहित अनन्त आत्मा की उपासना करे ॥ पायु अध्यात्म है, त्यागने योग्य अधिभूत है, मृत्यु उनमें अधिदैवत है, नाड़ी उनसे सम्बन्ध वाली है, जो पायु में जो त्यागने योग्य पदार्थ में जो मृत्यु में जो नाड़ियों में जो प्राण में जो विज्ञान में जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में जो इन सब में घूमता है, वह यह आत्मा है, इस अजर, अमर निर्भय शोक रहित, अनन्त आत्मा की उपासना करे ॥ उपस्थ अध्यात्म है, आनन्द अधिभूत है प्रजापति उनमें अधिदैवत है, नाड़ी

उनसे सम्बन्ध वाली है, जो उपस्थ में जो आनन्द में, जो प्रजापति में जो नाड़ियों में जो प्राण में जो विज्ञान में जो आनन्द में, जो हृदयाकाश में, जो इन सब में घूमता है, वह यह आत्मा है, उस अजर, अमर, निर्भय शोक रहित, अनन्त आत्मा की उपासना करे ॥ यह ही सर्वज्ञ है, यह ही सबका ईश्वर है, यह सबका अधिपति है, यह अंतर्यामी है, यह सबका कारण है जो सबको सुख पूर्वक उपासना करने योग्य है और जो सब सुखों की उपासना नहीं करता, जो वेद शास्त्रों से उपासना करने योग्य है और जो वेद शास्त्रों की उपासना नहीं करता, जिसके यह सब अन्न हैं, और जो किसी का अन्न नहीं है, इसलिये पर है, सब का नेत्र है, प्रशास्ता अन्नमय है भूतात्मा प्राणमय है, इन्द्रिय आत्मा मनोमय है, संकल्पात्मा विज्ञानमय है, कालात्मा आनन्दमय है, लयात्मकपना नहीं है तो द्वैत कहां, मरण नहीं है तो अमृत कहां न अन्तर्प्रज्ञ है, न बहिर्प्रज्ञ है, न दोनों (भीतर बाहर) प्रज्ञ है, न प्रज्ञानघन है न प्रज्ञ है। अप्रज्ञ भी नहीं है, न जाना हुआ है, न जानने योग्य है, यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है ॥ इति पाँचवाँ खण्ड समाप्त हुआ ॥५॥

यह कुछ भी प्रथम नहीं था। यह प्रजा मूल रहित और आधार रहित उत्पन्न होती है। दिव्य देव एक नारायण चक्षु और द्रष्टव्य है, नारायण श्रोत्र और श्रोतव्य है, नारायण घ्राण और घ्रातव्य है, नारायण जिह्वा और रसयितव्य है, नारायण त्वचा

Scanned by CamScanner

और स्पर्शयितव्य है, नारायण मन और मन्तव्य है, नारायण बुद्धि और बोद्धव्य है, नारायण अहङ्कार और अहं कर्तव्य है, नारायण चित्त और चेतव्य है, नारायण वाणी और वक्तव्य है, नारायण हाथ और पकड़ने योग्य है, नारायण पाद और गंतव्य है, नारायण पायु और त्यागने योग्य है, नारायण उपस्थ और आनन्द का विषय है और नारायण धाता, विधाता, कर्त्ता, विकर्त्ता है। दिव्यदेव एक नारायण आदित्य, रुद्र, मरुत, वसु, अश्वनी-कुमार, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, मंत्र, अग्नि, घृत, और आहुति है। नारायण उत्पत्ति और स्थिति रूप है। दिव्य देव एक नारायण माता, पिता भाई, स्थान, शरण, सन्मित्र और गति है, नारायण विराट है, सुदर्शना, अजिता, सोम्या, मोघा, कुमारा, अमृता, सत्या, मध्यमा, नासीरा, शिशुरा, सूरा, सूर्या और स्वरा में नाड़ियों के दिव्य नाम जानने चाहिए। नारायण गर्जता है, गाता है, वहन करता है, वर्षता है। वरुण, यम, चन्द्रमा, कला, कलि, धाता ब्रह्मा, प्रजापति, इन्द्र, दिन आधादिन, कला, कल्प ऊर्ध्व और दिशा सब नारायण है। जो कुछ है, जो कुछ था, जो कुछ होगा (जो अन्न से वृद्धि को प्राप्त होता है और जो अमृत रूप है, उन सबका यह परमात्मा) वह सब पुरुष ही है। उस विष्णु के परमपद को विद्वान् सदा देखते हैं, वह आकाश के समान फैला हुआ है। काम क्रोध रहित ब्राह्मण सदा ज्ञाननिष्ठामें रह कर उसको प्राप्त करते हैं। वह विष्णु का परमपद है। यह

निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है यह वेद का उपदेश है॥ इति छठा खंड समाप्त हुआ॥६॥

शरीर के भीतर गुहा में अज, एक, नित्य स्थित है, जिसका पृथिवी शरीर है, जो पृथिवी के भीतर संचार करता है, जिसको पृथिवा नहीं जानती। जिसका जल शरीर है, जो जल के भीतर संचार करता है, जिसको जल नहीं जानता। जिसका तेज शरीर है, जो तेज के भीतर संचार करता है, जिसको तेज नहीं जानता। जिसका वायु शरीर है, जो वायु के भीतर संचार करता है, जिसको वायु नहीं जानता। जिसका आकाश शरीर है, जो आकाशके भीतर संचार करता है, जिसको आकाश नहीं जानता जिसका मन शरीर है, जो मन के भीतर संचार करता है, जिसको मन नहीं जानता। जिसका बुद्धि शरीर है, जो बुद्धि के भीतर संचार करता है, जिसको बुद्धि नहीं जानती। जिसका अहंकार शरीर है, जो अहंकार के भीतर संचार करता है, जिसको अहंकार नही जनता। जिसका चित्त शरीर है, जो चित्त के भीतर संचार करता है, जिसको चित्त नहीं जानता। जिसका अव्यक्त शरीर है, जो अव्यक्त के भीतर संचार करता है, जिसको अव्यक्त नहीं जनता। जिसका अक्षर शरीर है, जो अक्षर के भीतर संचार करता है जिसको अक्षर नहीं जानता। जिसका मृत्यु शरीर है, जो मृत्यु के भीतर संचार करता है, जिसको मृत्यु नहीं जानता वह ही सब भूतोंका अन्तरात्मा, पाप रहित दिव्य देव एक नारायण है। यह विद्या अपान्तरतम (विष्णु) को दी,

Scanned by CamScanner

अपान्तरतमं ने ब्रह्मा को दी ब्रह्मा ने घोरांगिर को दी, घोरांगिर ने रैक्व को दी, रैक्व ने राम को दी, और राम ने सब प्राणियों को दी। यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है ॥ इति सातवां खण्ड समाप्त हुआ ॥ ७ ॥

शरीर के भीतर गुहा में रहा हुआ यह सबका शुद्ध आत्मा है, दीवारपर खिचे हुए चित्रके समान गंधर्व नगरकी उपमा वाले केलेके वृक्षके गर्भ के समान सार रहित, मेद, मांस और पसीने से युक्त, जल के बुदबुदे के समान चंचल और अत्यन्त नाशवान् शरीर के मध्य में अचित्य रूप, दिव्य देव रूप, असंग, शुद्ध, तेज रूप शरीर वाले, रूप रहित, सबके ईश्वर, अचित्य, शरीर रहित गुहा में रहे हुए अमृत रूप शोभायमान् और आनन्द रूप उस आत्मा को भिन्न कर के विद्वान् देखते है। उसके लय होने पर नहीं देखते ॥ इति आठवां खण्ड समाप्त हुआ ॥ ८ ॥

रैक्व ने अपने गुरु से पूछा "हे भगवान्! सब किस में अस्त होते हैं?" उसने उससे कहा "चक्षु को प्राप्त होता है, चक्षुको भी अस्तकरके जाता है, द्रष्टव्यको प्राप्त होता है, जो द्रष्टव्य को भी अस्त कर के जाता है, आदित्य को प्राप्त होता है, जो आदित्य को भी अस्त करके जाता है विराट को प्राप्त होता है, जो विराट को भी अस्त कर के जाता है, प्राण को प्राप्त होता है, जो प्राण को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्दको प्राप्त होता है.

जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होताहै, जो तुरीय को भी अस्त कर के जाता है; वह उस अमृत, अभय अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥ "श्रोत को प्राप्त होता है, जो श्रोत्र को भी अस्त कर के जाता है, श्रोतव्य को प्राप्त होता है, जो श्रोतव्य को भी अस्त करके जाता है, दिशा को प्राप्त होता है, जो दिशा को भी अस्त कर के जाता है, सुदर्शना को प्राप्त होता है, जो सुदर्शना को भी अस्त करके जाता है, अपान को प्राप्त होता है, जो अपान को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त निर्बीज को प्राप्त है" "नासिका को प्राप्त होता है, जो नासिका को भी अस्त कर जाता है, घ्रातव्य को प्राप्त होता है, घ्रातव्य को भी अस्त करके जाता है, पृथिवी को प्राप्त होता है, जो पृथिवी को भी अस्त करके जाता है, जिता को प्राप्त होता है, जो जिता को भी अस्त करके जाता है, व्यान को प्राप्त होता है, जो व्यान को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जोविज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है," ॥ इस प्रकार कहा ॥

Scanned by CamScanner

"जिह्वा को प्राप्त होता है, जो जिह्वा को अस्त करके जाता है, रसयितव्य को प्राप्त होता है जो रसयितव्य को भी अस्त करके जाता है, वरुण को प्राप्त होता है, जो वरुण को भी अस्त करके जाता है, सौम्या को प्राप्त होता है, जो सौम्या को भी अस्त करके जाता है उदान को प्राप्त होता है, जो उदान को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥ "त्वचा को प्राप्त होता है, जो त्वचा को भी अस्त करके जाता है, स्पर्शयितव्य को प्राप्त होता है, जो स्पर्शयितव्य को भी अस्त करके जाता है वायु को प्राप्त होता है, जो वायु को भी अस्त करके जाता है मोघा को प्राप्त होता है, जो मोघा को भी अस्त करके जाता है, समान को प्राप्त होता है, जो समान को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥ "वाणी को प्राप्त होता है, जो वाणी को भी अस्त करके जाता है वक्तव्य को प्राप्त होता है। जो वक्तव्य को भी अस्त करके जाता है,

अग्नि को प्राप्त होता है, जो अग्नि को भी अस्त करके जाता है कुमारा को प्राप्त होता है, जो कुमारा को भी अस्त करके जाताहै वैरम्भ को प्राप्त होता है, जो वैरम्भ को भी अस्त करके जाताहै, विज्ञान को प्राप्त होता है; जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा। "हाथको प्राप्तहोता है,जो हाथको भी अस्त करके जाता है, ग्रहण करने योग्य को प्राप्त करता है,जो ग्रहण करने योग्य को भी अस्त करके जाता है, इन्द्रको प्राप्तहोता है जोइन्द्रकोभी अस्तकरके जाता है, अमृताको प्राप्त होता है, जो अमृताको भी अस्त करके जाता है मुख्यको प्राप्त होता है, जो मुख्य को भी अस्त करके जाता है, विज्ञानको प्राप्त होताहै, जोविज्ञानको भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥ "पाद को प्राप्त होता है, जो पाद को भी अस्त करके जाता है, गन्तव्य को प्राप्त होता है, जो गन्तव्य को भी अस्त करके जाता है विष्णु को प्राप्त होता है, जो विष्णु को भी अस्त करके जाता है, सत्या को प्राप्त होता है, जो सत्या को भी अस्त करके जाता है, अंतर्यामी

Scanned by CamScanner

को प्राप्त होता है, जो अंतर्यामी को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है वह उस अमृत, अभय अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥

"पायु को प्राप्त होता है, जो पायु को भी अस्त करके जाता है, विसर्जयितव्य को प्राप्त होता है, जो विसर्जयितव्य को भी अस्त करके जाता है, मृत्यु को प्राप्त होता है, जो मृत्यु को भी अस्त करके जाता है, मध्यमा को प्राप्त होता है, जो मध्यमा को भी अस्त करके जाता है, प्रभंजन को प्राप्त होता है, जो प्रभंजन को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय अशोक अनंत निर्बीजको प्राप्त होता है" इसप्रकार कहा ॥"उपस्थ को प्राप्त होता है, जो उपस्थ को भी अस्त करके जाता है, आनन्दयितव्य को प्राप्त होता है, जो आनन्दयितव्य को भी अस्त करके जाता है, प्रजापति को प्राप्त होता है, जो प्रजापति को भी अस्त करके जाता है, नासीरा को प्राप्त होता है, जो नासीरा को भी अस्त करके जाता है, कुमार को प्राप्त होता है, जो कुमार को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है

जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है वह उस अमृत, अभय, अशोक अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥"मन को प्राप्त होता है, जो मन को भी अस्त करके जाता है, मनतव्य को प्राप्त होता है, जो मनतव्य को भी अस्त करके जाता है, चन्द्र को प्राप्त होता है, जो चन्द्र को भी अस्त करके जाता है, शिशु को प्राप्त होता है, जो शिशु को भी अस्त करके जाता है, श्येन को प्राप्त होता है, जो श्येन को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥"बुद्धि को प्राप्त होता है, जो बुद्धि को भी अस्त करके जाता है, वोद्धव्य को प्राप्त होता है, जो वोद्धव्य को भी अस्त करके जाता है, ब्रह्मा को प्राप्त होता है, जो ब्रह्मा को भी अस्त करके जाता है, सूर्या को प्राप्त होता है, जो सूर्या को भी अस्त करके जाता है, कृष्ण को प्राप्त होता है, जो कृष्ण को भी अस्त करके जाता है; विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय

Scanned by CamScanner

को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा। "अहङ्कार को प्राप्त होता है, जो अहङ्कार को भी अस्त करके जाता है, अहं कर्त्तव्य को प्राप्त होता है, जो अहं कर्त्तव्य को भी अस्त करके जाता है, रुद्र को प्राप्त होता है, जो रुद्र को भी अस्त करके जाता है, असुरा को प्राप्त होता है, जो असुरा को भी अस्त करके जाता है, श्वेत को प्राप्त होता है, जो श्वेत को भी अस्त करके जाता है, विज्ञान को प्राप्त होना है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय, अशोक, अनन्त, निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥ "चित्त को प्राप्त होता है, जो चित्त को भी अस्त करके जाता है, चेतयितव्य को प्राप्त होता है, जो चेतयितव्य को भी अस्त करके जाता है, क्षेत्रज्ञ को प्राप्त होता है, जो क्षेत्रज्ञ को भी अस्त करके जाता है, भास्वती को प्राप्त होता है, जो भास्वती को भी अस्त करके जाता है, नाग को प्राप्त होता है, जो नाग को भी अस्त करके जाता है विज्ञान को प्राप्त होता है, जो विज्ञान को भी अस्त करके जाता है, आनन्द को प्राप्त होता है, जो आनन्द को भी अस्त करके जाता है, तुरीय को प्राप्त होता है, जो तुरीय को भी अस्त करके जाता है, वह उस अमृत, अभय अशोक अनन्त निर्बीज को प्राप्त होता है" इस प्रकार कहा ॥ "जो इस निर्बीज को जानता है, वह

निर्बीज ही हो जाता है। वह न जन्मता है, न मरता है, न मोहित होता है, न भेदन किया जाता है, न जलाया जाता है, न छेदन किया जाता है, न कांपता है न कोप करता है, सबका दहन करने वाला, यह आत्मा कहलाता है। यह आत्मा सैकड़ों प्रवचनोंसे प्राप्त नहीं होता, न बहुत सुनने से, न बुद्धि ज्ञानके आश्रय से, न मेधा से, न वेदों से न यज्ञों से न उग्र तपों से न सांख्य से न योग से न आश्रमों से और न अन्य किसी उपाय से आत्मा को प्राप्त कर सक्ते हैं। शुश्रुवान् (श्रवण करने की इच्छा वाले) और मौन व्रत धारण करने वाले, ब्राह्मण, प्रवचन व्युत्थान और प्रशंसा से उसको प्राप्त करते हैं। शांत दांत उपरति और तितिक्षा वाला होकर आत्मा में आत्मा को देखता है। जो इसको जानता है वह सबका आत्मा होता है" ॥ इति नवमां खंड समाप्त हुआ ॥ ९ ॥

फिर रैक्व ने गुरु से पूछा "भगवान् ! सब किसमें स्थित हैं ?" कहा "रसातल लोक में" (पूछा) रसातल लोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "भूर्लोक में" (पूछा भूर्लोक किस में ओत प्रोत है) ?" कहा "भुवर्लोक में" (पूछा) "भुवर्लोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "स्वर्लोक में" (पूछा) "स्वर्लोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "महर्लोक में" (पूछा) "महर्लोक किस में ओतप्रोत है ?" कहा "जन लोक में" (पूछा) "जनलोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "तपलोक में" (पूछा) "तपलोक किस

Scanned by CamScanner

में ओत प्रोत है ?!! कहा "सत्यलोक में" (पूछा) "सत्यलोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "प्रजापति लोक में" (पूछा) "प्रजापति लोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "ब्रह्मलोक में" (पूछा) ब्रह्मलोक किस में ओत प्रोत है ?" कहा "सब लोक आत्मा रूप ब्रह्म में मणियों के समान ओत प्रोत हैं इस प्रकार आत्मा में स्थित इन लोकों को जो जानता है, वह आत्मा ही हो जाता है यह निर्वाण का उपदेश है यह वेद का उपदेश है यह वेद का उपदेश है" ॥ इति दसवां खंड समाप्त हुआ ॥ १० ॥

फिर रैक्व ने पूछा "हे भगवान ! यह विज्ञान घन आत्मा उत्क्रमण करता हुआ किस करके कौन २ सी अवस्थाओं को त्याग करके जाता है ?;' उसने कहा "हृदय के मध्य में लाल मांस का पिंड है, जिसमें वह हृदय कमल कुमुद के समान अनेक प्रकार से खिला हुआ है उसके मध्य में समुद्र है समुद्र के मध्य में कोश है और उसमें चार नाड़ियां हैं' रमा, अरमा इच्छा और अपुनर्भवा उनमें रमा पुण्य से पुण्य लोक को ले जाती है। अरमा पाप से पाप को ले जाती है। इच्छा नाड़ी से जिस पाप का स्मरण करता है, उसको प्राप्त होता है। अपुनर्भवा से कोश को तोड़ता है कोश को तोड़ कर शीर्षकपाल को तोड़ता है शीर्षकपाल को तोड़कर पृथिवी को तोड़ता है पृथिवी को तोड़ कर जल को तोड़ता है जलको तोड़ कर तेजको तोड़ता है तेज को तोड़कर वायु को तोड़ता है वायु को तोड़ कर आकाश को

तोड़ता है आकाश को तोड़ कर मन को तोड़ता है मनको तोड़ कर भूतादि को तोड़ता है भूतादि को तोड़ कर महत् को तोड़ता है महत् को तोड़ कर अव्यक्त को तोड़ता है अव्यक्त को तोड़ कर अक्षर को तोड़ता है अक्षर को तोड़ कर मृत्यु को तोड़ता है और मृत्यु को तोड़ कर परमदेव के साथ एक रूप होता है। उससे परे न सत् है न असत् है। यह निर्वाण का उपदेश है यह वेद का उपदेश है यह वेद का उपदेश है ॥" इति ग्यारहवां खण्ड समाप्त हुआ ॥११॥

ॐ नारायण से अन्न हुआ। वह ब्रह्मलोक में पका फिर महा संवर्तक में पका फिर आदित्य में पका और फिर कव्यादि में पका। फफूंदायुक्त और बासी अन्न त्याज्य है अयाचित अन्न पवित्र है। अयाचित और बिना संकल्प के प्राप्त हुआ अन्न भक्षण करे याचना कभी न करे ॥इति बारहवां खण्ड समाप्त हुआ ॥१२॥

प्रजापति ने कहा "बालक के समान रहे, बालक का स्वभाव असंग और निर्दोष होता है। मौन से पंडिताई से, अवधि रहित होकर यानी संन्यास से वेद में कहे हुए कैवल्य को प्राप्त होता है। महान् पद को जान कर, वृक्ष के मूल में मैले कुचैले वस्त्र धारण किए हुए, असहाय, अकेला, समाधि में स्थित, आत्मकाम, आप्तकाम, निष्काम, जीर्णकाम होकर वास करे। हाथी, सिंह, डांस, मच्छर, नौले, सर्प, राक्षस, गंधर्व को मृत्यु रूप

Scanned by CamScanner

(मारनेवाला) जानकर किसीसे न डरे। वृक्षके समान रहे, छेदनकिया हुआ भी कोप न करे, न कांपे पत्थर के समान रहे। छेदन किया हुआ भी कोप न करे, न कांपे आकाश के समान रहे, छेदन किया हुआ भी कोप न करे, न कांपे, सत्य से रहे (क्योंकि यह आत्मा सत्य है। सब गन्धों का पृथ्वी हृदय है, सब रसों का जल हृदय है, सब रूपों का तेज हृदय है, सब स्पर्शों का वायु हृदय है, सब शब्दों का आकाश हृदय है सब गतियों का अव्यक्त हृदय है, सब सत्त्वोंका मृत्यु हृदय है, और मृत्यु परदेव (ब्रह्म) के साथ एक रूप होता है। उस से पर न सत् है, न असत् है, न सत् असत् है। यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, ॥इति तेरहवां खण्ड समाप्त हुआ ॥१३॥

ॐ पृथ्वी अन्न है, जल अन्नाद (अन्न को भक्षण करने वाला) है जल अन्न है ज्योति अन्नादि है, ज्योति अन्न है वायु अन्नाद है, वायु अन्न है, आकाश अन्नाद है, आकाश अन्न है इन्द्रियां अन्नाद है, इन्द्रियां अन्न हैं मन अन्नाद है, मन अन्न है बुद्धि अन्नाद है, बुद्धि अन्न है अव्यक्त अन्नाद है, अव्यक्त अन्न है अक्षर अन्नाद है, अक्षर अन्न है मृत्यु अन्नाद है, और मृत्यु परदेव के साथ एक रूप होता है। उस से पर न सत् है न असत् हैं, न सत् असत् है, यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है।" इति चौदहवां खण्ड समाप्त हुआ ॥१४॥

फिर रैक्व ने उससे पूछा. "हे भगवन्! जो यह विज्ञानघन उत्क्रमण करता है, वह किस करके कौन कौन सी अवस्थाओं को जलाता है?" उसने कहा "जो यह विज्ञान घन उत्क्रमण करता है, वह प्राण को जलाता है अपान, व्यान, उदान, समान वैरम्भ, मुख्य, अन्तर्यामी, प्रभंजन, कुमार, श्येन, श्वेत, कृष्ण, नाग को जलाता है, पृथिवी जल तेज वायु और आकाश को जलाता है। जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय महत् लोक और परलोक को जलाता है। लोकालोक को जलाता है, धर्माधर्म को जलाता है, पीछे अभास्कर, अमर्याद, निरालोक को जलाता है, महत् को जलाता है, अव्यक्त को जलाता है, अक्षर को जलाता है और मृत्यु को जलाता है। मृत्यु परदेव के साथ एक रूप होता है। इससे पर न सत् है, न असत् है, न सत् असत् है, यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है" ॥ इति पन्द्रहवां खण्ड समाप्त हुआ ॥ १५ ॥

सौबाल बीज ब्रह्म उपनिषत् अप्रशान्त को न देना चाहिये, अपुत्र को न देना चाहिये, अशिष्य को न देना चाहिये, एक वर्ष तक साथ रक्खे बिना न देना चाहिये, कुल शील की परीक्षा किये बिना न देना चाहिये, न कहना चाहिये। जिसकी देव में परा-भक्ति हो और जैसी देव में हो, वैसी ही गुरु में हो, उस ही महात्मा को इसमें कहे हुए अर्थ प्रकाश होते हैं। यह निर्वाण का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है, यह वेद का उपदेश है ॥ इति सोलहवां खण्ड समाप्त हुआ ॥१६॥ इति सुबालोपनिषत् समाप्त ॥

वेदान्त

Scanned by CamScanner

कुण्डिकोपनिषत् ।

[२३]

गुरु की सेवा में प्रीति रखकर जिसने वेदों को पढ़ लिया है और जिसको ब्रह्मचर्य आश्रम को समाप्त करने की गुरु से आज्ञा मिली है वह आश्रमी कहलाता है ॥ १ ॥ समान स्त्री से विवाह कर यथाशक्ति अग्निको धारण करके ब्रह्मयज्ञ करे और उसका दिन रात पूजन करे ॥ २ ॥ पुत्रों को धन बांट कर, ग्राम सम्बन्धी कामों को सोंप कर वन मार्ग से विचरता हुआ पवित्र देश में भ्रमण करता हुआ ॥ ३ ॥ वायु को भक्षण करता हुआ, या जल का पान करता हुआ अथवा विहित कन्द मूल से अपने शरीर का पोषण करे और ऐसे कष्ट से पृथिवी पर आंसू न गिरावे ॥ ४ ॥ इतने से ही पुरुष को संन्यास कैसे कहा जाय ? वह तो नाम मात्र ही है, उसे संन्यास कैसे कहा जाय ॥ ५ ॥ इसलिये फल की इच्छा से रहित संन्यास में युक्त होकर, अग्नि और वर्ण को छोड़कर वानप्रस्थ आश्रम को ग्रहण करता है ॥ ६ ॥ लोगों के समान स्त्री में आसक्त, संयम से वन में जाकर संसार सुख को छोड़कर वृथा ही क्यों अनुष्ठान करता है ॥ ७ ॥ अथवा गर्भवास के भय से और शीत उष्ण से डरा हुआ दुःखों का स्मरण करके भोगों को क्यों छोड़ता है ॥ ८ ॥ मैं गुह्य, उपद्रव रहित परम पद में प्रवेश करने की इच्छा करताहूं

इसलिये अग्नि को छोड़कर मृत्युंजय परब्रह्म को भजता हूं। पश्चात् अध्यात्म मन्त्रों को जपे। भगवां वस्त्र धारण करके दीक्षा लेवे, कांख और उपस्थ के बालों को छोड़कर सब क्षौर करावे। ऊंची भुजा करके स्वच्छन्द से घूमे। घर रहित, भिक्षा का भोजन करने वाला होकर विचरे। निदिध्यास करता रहे। जंतुओं की रक्षा के निमित्त पवित्र धारण करे। इसके विषय में यह कहा है। कमण्डलु, चमस, छीका त्रिविष्टप, जूता शीत निवारण करनेवाली गुदड़ी तथा पहनने का कौपीन ॥९॥ पवित्र (पानी छानने का वस्त्र)स्नान करने की धोती और अंगोछा इनके सिवाय जो कुछ भी है, उसको यती त्याग देवे ॥१०॥ नदी किनारे शयन करने वाला होवे अथवा देवालय के बाहर रहे। सुख दुःख से शरीर को बिना प्रयोजन न तपावे ॥११॥ स्नान पान तथा शौच, पवित्र जल से करे। स्तुति किया हुआ संतुष्ट न होवे और निन्दा किया हुआ दूसरों को शाप न देवे ॥१२॥ भिक्षादि का खप्पर, स्नान का जल यथा प्राप्त ग्रहण करे। इस प्रकार की वृत्ति धारण करके यती जप करे ॥१३॥ विद्वान् समय के लिए मन्त्र के संयोग को मन से भावना करे। आकाश से वायु, वायु से अग्नि अग्नि से जल, जल से पृथ्वी। इन भूतों में व्यापक को मैं प्राप्त हुआ हूं। अजर, अमर, अक्षर, अव्यय, को प्राप्त हुआ हूं। मुझ अखण्ड सुख के समुद्र में बहुत प्रकार की विश्व रूपी लहरें माया रूप वायु से हिलाई हुई उत्पन्न होती हैं और लय होती हैं ॥१४॥ जैसे आकाश का मेघसे

Scanned by CamScanner

सम्बन्ध नहीं है इसी प्रकार मेरा देह से सम्बन्ध नहीं है। इसलिए इस (देह) के धर्म जाग्रत स्वप्न और सुषुप्ति मुझ में कहां ॥१५॥ आकाश के समान मैं कल्पना से दूर हूँ आदित्य के समान भास्य पदार्थों से विलक्षण हूँ पर्वत के समान मैं नित्य निश्चल हूँ। मैं समुद्र के समान पार से रहित हूँ ॥१६॥ मैं नारायण हूं, मैं नरकान्तक हूँ, मैं पुरान्तक हूँ, मैं पुरुष हूँ, ईश हूँ, मैं अखण्ड बोध हूँ, सबका साक्षी हूँ, मैं ईश्वर रहित हूँ, अहङ्कार और ममता से रहित हूँ ॥१७॥

प्राण अपान के संयम करने के विषय में यह कहा है वृषण और गुदा के बीच में दोनों हाथों को रख कर बैठे। दांतों से धीरे से जिह्वा को दवाकर जब मात्र बाहर निकाले ॥१८॥ दृष्टि को श्रोत्र और भूमि पर स्थापित करे। जिससे श्रवण और नासिका में गन्ध पहुँचे ॥१९॥

जो ब्रह्म में तत्पर है वह ब्रह्म ही है, हव ही शिव पद है, पूर्व जन्मों में प्राप्त किए पुण्य वाला उसको अभ्यास से प्राप्त करता है ॥२०॥ वायु के नाद का उत्पन्न होना हृदय का तप कहलाता है वह देह का भेदन करके ऊपर, अव्यय मूर्धा को प्राप्त होता है ॥२१॥ अपने देह में मूर्धा की प्राप्ति परम गति है। जो उसको प्राप्त होते हैं वे पर अपर के जानने वाले फिर नहीं लौटते ॥२२॥ जैसे घर के धर्म दीपक को स्पर्श नहीं करते इसी प्रकार साक्ष्य के धर्म विलक्षण अविकारी और उदासीन साक्षी

को स्पर्श नहीं करते ॥ २३ ॥ यह जड शरीर चाहे जल में, चाहे स्थल में लुढ़के मैं उसके धर्मों से लिपायमान नहीं होता जैसे घटके धर्मोसे आकाश लिपायमान नहीं होता ॥ २४ ॥ मैं क्रियारहित हूँ विकाररहित हूँ कलारहित हूं आकाररहित हूँ विकल्परहित हूँ नित्य हूँ आधार रहित अद्वय हूँ ॥ २५ ॥ सबका आत्मा हूं सर्व हूँ सब से अतीत अद्वय हूँ केवल अखंड बोध रूप हूँ निरंतर स्वयं आनन्द रूप हूं ॥ २६ ॥ अपने को ही सर्वत्र देखता हुआ अपने को अद्वय मानता हुआ और अपने आनन्द को भोगता हुआ मैं निर्विकल्प हूँ ॥ २७ ॥ जाता हुआ ठहरा हुआ बैठा हुआ सोता हुआ अन्य प्रकार से भी विद्वान् आत्माराम मुनि इच्छा पूर्वक सदा वास करे ॥ २८ ॥ इति उपनिषित् ॥

इति कुण्डिकोपनिषत् समाप्त ।

Scanned by CamScanner

संन्यासोपनिषत् ।

[२४]

अब संन्यास उपनिषत् कहते हैं। जो क्रम क्रम से त्याग करता है, वह संन्यासी होता है। यह संन्यास क्या कहलाता है ? संन्यस्त कैसा होता है ? जो क्रियाओं से आत्मा की रक्षा करता है, माता, पिता, स्त्री, पुत्र बंधुओं की सम्मति लेकर, अपने सब ऋत्वजों को पूर्व के समान प्रणाम करके वैश्वानर यज्ञ को करे, यजमान सर्वस्व दे देवे, ऋत्विज सब घृत आदि को पात्रों के सहित हवन कर दे। आहवनीय गार्हपत्य दक्षिणाग्नि सभ्य और आवस्वथ्य इन सबको प्राण अपान व्यान उदान और समान इन सब को आरोपित करे। शिखा सहित केशों को त्याग कर, यज्ञोपवीत को तोड़ कर पुत्र को देख करं इस प्रकार उपदेश देवे कि तू यज्ञ है तू सर्व है। यदि अपुत्र होवे तो आत्मा का इसी प्रकार ध्यान करके किसी को न देखता हुआ पूर्व अथवा उत्तर दिशा को चला जावे। तीनों वर्णों में भिक्षा करे हाथ रूपी पात्र में भोजन करे औषधि के समान भोजन का आचरण करे यानी औषधि के समान भोजन करे प्राण को रक्षा के लिये यथा प्राप्त भोजन करे जिससे चरबी की वृद्धि न हो। दुबला होकर ग्राम में एक रात नगर में पाँच रात बसे। बर्षा के चार महीने ग्राम अथवा नगर में वास करे अथवा दो महीने वास

करे पक्ष को ही महीना समझना। फटे वस्त्र अथवा छाल के वस्त्र ग्रहण करे अन्य ग्रहण न करे। जो अशक्त होता है और क्लेश से तपता है वह तप है। इस प्रकार क्रम से संन्यास करता है अथवा जो इस प्रकार देखता है उसका यज्ञोपवीत क्या है ? उसकी शिखा क्या है ? अथवा उसका आचमन कैसा है ? उससे कहा जो उसका आत्म-ध्यान है वह ही उसका यज्ञोपवीत है विद्या शिखा है सर्वत्र स्थित जल से उदर पात्र द्वारा कार्य करे जल के किनारे घर है। ऐसा ब्रह्म वादी कहते हैं। सूर्य के अस्त होने पर उसका आचमन कैसा है ? उनसे कहा जैसा दिन में है वैसा ही रात्रि में है उसके लिये न रात है न दिन है, तो भी ऋषियों ने कहा है जो इस प्रकार आत्मा को धारण करता है उसके लिये एक ही बार दिन हो जाता है॥ इति प्रथम अध्याय॥

चालीस संस्कारोंसे युक्त सबसे विरक्त होकर चित्त को शुद्ध करके आशा असूया इर्षा और अहङ्कार को जला कर चारों साधनों से युक्त ही संन्यस्त के योग्य होता है। जो संन्यस्त का निश्चय करके फिर नहीं करता वह कृच्छ्र व्रत ही करे तो फिर संन्यस्त करने के योग्य होता है॥१॥ जो संन्यास से पतित हो जो पतित को संन्यास देवे और जो संन्यास में विघ्न करने वाला हो इन तीनों को पतित जानो॥२॥ नपुंसक पतित अङ्गहीन स्त्रैण (खोजा) बहिरा बालक गूंगा पाषड करने वाला लिंगी चक्री कोढी वैखानस (बौद्ध साधु) द्विज संस्कार

Scanned by CamScanner

रहित वस्त्रों को पढ़ाने वाला गंजा अग्नि से रहित और नास्तिक वैराग्य युक्त हो तो भी संन्यास के योग्य नहीं है, और यदि संन्यस्त ले लें तो भी महावाक्यों के उपदेश के अधिकारी नहीं हैं पतित संन्यासी की संतान खराब नख वाला लाल (मैले) दांत वाला पागल अङ्ग से विकल ये भी संन्यास के योग्य नहीं है ॥३॥ तत्काल वैराग्य हुआ हो उसको, महा पातकियों को संस्कारहीनों को और लोक निंदा से दूषित हुओं को संन्यास न देवे ॥४॥ व्रत यज्ञ तप दान होम स्वाध्याय से रहित और सत्य तथा शौच से भ्रष्ट हुए को संन्यास न देवे ॥५॥ ये लोग आतुर संन्यास के सिवाय क्रम संन्यास के योग्य नहीं हैं।

'ॐ भूः स्वाहा' ऐसा कहकर शिखा उखाड़ डाले यज्ञोपवीत को न उतारे 'यश बल ज्ञान वैराग्य और मेधा (बुद्धि) को दे' ऐसा कहकर यज्ञोपवीत को काट डाले "ॐ भूः स्वाहा" यह कह कर जल में वस्त्र और कटि सूत्र को त्याग कर "संन्यस्तंमया" इस मंत्र को तीन बार बोले। संन्यासी ब्राह्मण को देख कर सूर्य अपने स्थान से चलायमान होता है (और कहता है) यह मेरे मण्डल को भेद कर परब्रह्म को प्राप्त होता है ॥६॥ साठ पीछे के कुलों का और साठ आगामी कुलों का उद्धार करता है जो प्राज्ञ संन्यासी "संन्यस्त" इस मंत्र को कहता है यानी संन्यास लेता है ॥७॥ जो संतान से उत्पन्न हुए दोष हैं जो देह से उत्पन्न हुए दोष हैं उनको प्रेषाग्नि इस प्रकार जला देता है जिस प्रकार भूसी का अग्नि सुवर्ण (के मल) को जला देता है ॥८॥

'सखा ! मेरी रक्षा कर' इस प्रकार कहकर दण्ड को ग्रहण करे दण्ड बाँस का सौम्य बिना छिला समान गांठों वाला पवित्र भूमि में उत्पन्न हुआ दाग आदि निकाला हुआ बिना जला हुआ कीड़ों का न खाया हुआ पर्व गांठों से शोभित नासिका तक ऊँचा वा शिर अथवा भोंओं के बराबर दंड यती धारण करे ॥९-१०॥ दंड और आत्मा का संयोग सब प्रकार से किया जाता है इसलिये बुद्धिमान दंड के बिना तीन बार वाण फेंका जाय इससे दूर न जावे ॥११॥ "हे माता ! सब से सौम्य जगत् का जीवन जीवन का आधारस्वरूप मेरी रक्षा कर" इस प्रकार कह कर कमण्डलु को ग्रहण करके योगपट्ट से अभिषिक्त होकर सुख से विहार करे ॥धर्म अधर्म को त्यागदे सच और झूंठ दोनों को त्याग दे सच्चे और झूंठे दोनों को त्याग कर जिससे दोनों का त्याग किया है उसको भी त्याग दे ॥१२॥

वैराग्य संन्यासी, ज्ञान संन्यासी, ज्ञान वैराग्य संन्यासी और कर्म संन्यासी चार प्रकार के संन्यासी हुये हैं वे इस प्रकार हैं:—जिसने देखे हुए और सुने हुए विषयों में तृष्णा रहित हो कर पूर्व पुण्य कर्म विशेष से संन्यास किया है वह वैराग्य संन्यासी है। शास्त्र के ज्ञान से शुभ अशुभ लोकों के अनुभव और श्रवण से प्रपंच से उपराम को प्राप्त होकर देह वासना शास्त्र वासना लोक वासना को त्याग कर वमन किए हुए अन्न के समान सब प्रकार की प्रवृत्ति को त्यागने योग्य मान कर चारों साधनों से

Scanned by CamScanner

युक्त होकर जो संन्यस्त करता है वह ही ज्ञान संन्यासी है। क्रम २ से सब का अभ्यास कर के सबका अनुभव करके ज्ञान और वैराग्य से स्वरूप के अनुसंधान से देह मात्र शेष रह कर संन्यास लेकर नग्न रहता है वह ज्ञान वैराग्य संन्यासी है ब्रह्मचर्य को समाप्त करके गृहस्थ होकर वानप्रस्थ आश्रम को प्राप्त हो कर वैराग्य न होने पर भी जो क्रमानुसार आश्रमों को त्यागता है वह कर्म संन्यासी है।

वह संन्यास छः प्रकार का होता है:—कुटीचक, बहूदक, हंस, परमहंस, तुरीयातीत और अवधूत। कुटीचक शिखा यज्ञोपवीत वाला, दण्ड कमण्डलु धारण करने वाला, कौपीन, चादर और कंथा धारण करने वाला, पिता माता और गुरु की आराधना करने वाला, बटलोई, खनित्र (कुदाली), छींका आदि मात्र साधन वाला, एक स्थान पर अन्न का भोजन करने वाला, श्वेत और खड़ा तिलक धारण करने वाला और तीन दण्ड वाला होता है। बहूदक शिखादि कंथा धारण करने वाला, त्रिपुंड धारी, सब प्रकार कुटीचक के समान मधुकर वृत्तिवाला और आठ ग्रास खाने वाला होता है। हंस जटाधारी, त्रिपुंड्र ऊर्ध्व पुंड्रधारी, अनियत स्थान से माधूकर अन्न का भोजन करने वाला और कौपीन का टुकड़ा धारण करने वाला होता है, परमहंस शिखा यज्ञोपवीत रहित, पांच घरों से हाथ में भिक्षा मांगने वाला, एक कौपीन धारण करने वाला, एकचादर और एक बांसका

दण्ड वाला हो अथवा एक चादर धारण कर भस्म लगाने वाला और है। सब का त्याग करने वाला होता है। तुरीयातीत गो मुख वृत्ति वाला, तीन घरों में फल अथवा अन्न का आहार करने वाला, देह मात्र रखने वाला, नग्न, मृतक के समान शरीर वृत्ति वाला होता है। अवधूत नियम रहित होता है, पतित अथवा निन्दित को छोड़कर सब वर्णों में अजगर वृत्ति से आहार करने वाला और स्वरूप के अनुसंधान वाला होता है। वृक्ष, तृण और पर्वतों सहित जितना यह जगत है, वह मैं नहीं हूँ। जो बाहर है, वह अत्यन्त जड़ है, मैं विभु वह (जड़) किस प्रकार होऊँ ॥ १३ ॥ थोड़े समय में लय होने वाला जड़ देह मैं नहीं हूँ कानों में आने वाला जड़ और क्षण भर टिकने वाला, कल्पा हुआ ॥ १४ ॥ शून्य आकृति वाला: शून्य स्वरूप वाला अचेतन शब्द मैं नहीं हूँ। क्षण में नाश होने वाली, प्राप्त और अप्राप्त होने वाली यह त्वचा मुझसे भिन्न है ॥ १५ ॥ चैतन्य की प्रसन्नता से आत्मा को प्राप्त हुआ मैं जड़ स्पर्श नहीं हूँ। आत्मा को प्राप्त हुए मुझको चञ्चल और चञ्चल मन से युक्त जिह्वा से ॥१३॥ द्रव्य के सहारे उत्पन्न होने वाला तुच्छ स्पंद रूप जड़ मैं नहीं हूँ।

दृश्य और दर्शन के लीन होने पर क्षय होने वाला और ज्ञानमें नाश होने वाला ॥१७॥ मैं केवल दृष्टा हूँ क्षीण होने वाला जड़ रूप नहीं हूँ। गंध जड़ होने से क्षय होने वाली होने से

Scanned by CamScanner

नासिका से कल्पी हुई है ॥१८॥ ऐसी तुच्छ नियत आकार वाली जड़ गंध मैं नहीं हूँ। ममता रहित चितवन रहित शांत पांचों इन्द्रियों के भ्रम से रहित ॥ १६ ॥ कला और मैल से रहित मैं शुद्ध चेतन ही हूं चैत्य से रहित चिन्मात्र प्रकाश करने वाला मैं हूँ ॥२०॥ मैं कलारहित बाहर भीतर व्यापक और माया रहित हूँ, निर्विकल्प चिदाभास सर्वत्र व्यापक एक हूं ॥२१॥ मुझ एक चेतन से ही ये सब घट पट आदिसे सूर्य पर्यन्त दीपक के समान आत्म तेज से प्रकाशित किये जाते हैं ॥ २२ ॥ जैसे अग्नि से चिंगारियां उठती हैं इसी प्रकार ये विचित्र इन्द्रियों की वृत्तियां मुझ तेजस के अंतर प्रकाश से स्फुरित होती हैं ॥ २३ ॥ अनन्त आनन्द को भोगने वाली, परम शांत स्वभाव वाली, शुद्ध, चेतन मय यह दृष्टि सब दृष्टियों में जय को प्राप्त होती है ॥ २४ ॥ सब भावों के भीतर टिकने वाला, चैत्य से रहित, चेतन आत्मा, प्रत्यक् चेतन्य रूप मुझको नमस्कार है ॥ २५ ॥ स्वच्छ सम और विचित्र शक्तियाँ निर्विकार कला और कल्पना से रहित चित् से की जाती हैं ॥ २६ ॥ तीनों काल की उपेक्षा करने वाली, दृश्य के बंधन से रहित और चैत्य की उपेक्षा वाली चित् की समता ही शेष रहती है ॥ २७ ॥ वही ही वाणी से अगम्य होने के कारण शाश्वत असत्ता के समान विचित्र आत्मा के अभाव समान शेष रहती है ॥ २८ ॥ इच्छा और अनिच्छा वालों के भीतर रहने वाली चित् मलों से घिरी हुई है, पाश में बंधी हुई चिड़िया के समान वह चित् उत्पन्न करने को समर्थ

नहीं है ॥२९॥ इच्छा और द्वेष से उत्पन्न हुए द्वन्द्व रूपी मोह से जतु पृथवी के गड्ढे में गिरे हुए कीड़ों की समता को प्राप्त हुए हैं ॥३०॥

मुझ अविच्छिन्न चेतन आत्मा को नमस्कार है, मैं चिरकालसे ही परम प्रत्यक्ष हूँ, प्राप्त हूं, और हमेशा उदित हूँ। मैं विकल्पों से दूर हूँ, जो हूँ, सो हूँ; उसको नमस्कार है ॥३१॥ तुझ मुझ अनन्त को तुझ मुझ चिदात्मा को (नमस्कारहै) तुझ परमेश्वर को नमस्कार है, मुझ शिव को नमस्कार है ॥३२॥ बैठता हुआ भी नहीं बैठता, जाता हुआ भी नहीं जाता, शांत होकर भी व्यवहार करता है, करता हुआ भी लिपायमान नहीं होता ॥३३॥ यह अत्यन्त सुलभ है, विश्वासू बंधु के समान चतुर है। कमल के छिद्र रूप सबके शरीरों में भ्रमर है ॥३४॥ न मुझे भोग प्राप्त करने की इच्छा है, न मुझे भोग त्यागने की इच्छा है, जो आता हो, आओ, जो जाता हो वह जाओ ॥३५॥ मन से मन के छिन्न होने पर, अहंकारपने से रहित होने पर और भाव से भाव नाश होने पर मैं केवल स्वस्थ स्थित हूँ ॥३६॥ भाव रहित, अहंकार रहित, मन रहित, चेष्टा रहित, केवल, स्पन्द रहित, शुद्ध आत्मा में मेरा शत्रु टिकता है ॥३७॥ मैं नहीं जानता हूँ कि तृष्णारूप रस्सी समूह को काट कर मेरे शरीर रूप पिंजरे में से अहंकार रहित चिड़िया उड़ कर कहां गई ॥३८॥ 'मैं नहीं करता' यह जिसका भाव है, जिसकी बुद्धि लिपायमान नहीं होती, और जो सब भूतों में समान है, उसीका जीवन शोभता है ॥३९॥ जो

Scanned by CamScanner

भीतर शीतल है, जिसकी बुद्धि राग द्वेष से रहित है, जो इस (दृश्य) को साक्षी के समान देखता है, उसीका जीवन शोभता है ॥४०॥ जिसने यथार्थ ज्ञान प्राप्त कर त्याग और ग्रहण को छोड़ दिया है और चित्त में चित्त को अर्पण कर दिया है, उसीका जीवन शोभता है ॥४१॥ ग्रहण करने योग्य और ग्रहण करने वाले का सम्बन्ध टूट जाने पर पूर्ण शांति उदय होती है। इस स्थिति को प्राप्त हुई शांति मोक्ष कहलाती है ॥४२॥ जैसे भुना हुआ बीज फिर जन्मने वाले अंकुर से रहित होता है, इसी प्रकार जीवन्मुक्तों के हृदय में वासना शुद्ध हो जाती है ॥४३॥ पवित्र, परम उदार, शुद्ध सतोगुण बखेरने वाली, आत्मध्यान वाली, नित्य (वासना) सुषुप्ति के समान टिकती है ॥४४॥ चित्त रहित चेतन ही प्रत्यक् चेतन कहलाता है, मन रहित स्वभाव होने से वहां कलना रूप मैल नहीं होता ॥४५॥ वह सत्यता है, वह शिवता है, वह पारमार्थिक अवस्था है, वह सर्वज्ञता है, वह संपूर्ण तृप्ति है, जहां मन का छिद्र नहीं है ॥४६॥ बोलता हुआ त्याग करता हुआ, ग्रहण करता हुआ, पलक खोलता और मूंदता हुआ भी, मनन से मुक्त, आनंद रूप, केवल संवित् मैं हूं ॥४७॥ संवेद्य रूप मल को त्याग कर, मन को परम निर्मूल करके, आशा का पाश रूप अग्नि को काट कर मैं केवल संवित् रूप हूं ॥४८॥ अशुभ और अशुभ संकल्पों से परम शांत हुआ मैं उपद्रव रहित हूं, इष्ट अनिष्ट प्रवृत्ति से रहित मैं केवल संवित् रूप हूं ॥४९॥ अध्यात्म ताप और प्रीति को त्याग कर, विभाग रहित, जगत् में

स्थित। वज्र के खम्भ समान आत्मा का अवलम्बन करके मैं स्थिर हूं ॥५०॥ निर्मल और आशा रहित अपनी संवित् में मैं स्थित हूं, चेष्टा अचेष्टा से मुक्त हूं, ग्रहण और त्याग से रहित हूं ॥५१॥ स्वप्रकाश पद में स्थित होकर मैं आंतर संतोष को कब प्राप्त हूंगा और कब शांत मनन वाला होकर पर्वत की गुफा में ॥५२॥ निर्विकल्प समाधि में शिला की समानता को प्राप्त होऊंगा ? अंश रहित ध्यान की विश्रांति से मूक हुये मेरे मस्तक पर ॥५३॥ कोयलें कब घोंसला बनावेंगी। संकल्प रूप वृक्षों और तृष्णा रूप लताओं को काट कर मन रूप वन ॥५४॥ विस्तीर्ण भूमि को प्राप्त होकर मैं यथा सुख विहार करता हूं। अब मैं उस परमपद को प्राप्त हुआ हूं, मैं केवल हूं, मेरी अब विजय हुई है ॥५५॥ मैं दुःख रहित हूं, चेष्टा रहित हूं, अंश रहित हूं, इच्छा रहित हूं, स्वच्छता, वीर्यता, सत्ता, हृद्यता, सत्यता, ज्ञता ॥५६॥ आनन्दता, उपशमता, सदा उदित प्रमुदिता, पूर्णता, उदारता, सत्प्रकाश स्वरूप और सदा अद्वैत हूं ॥५७॥ इस प्रकार भिक्षु स्वरूप स्थिति रूप तत्वार्थ का चिन्तवन करता हुआ, निर्विकल्प स्वरूप का जानने वाला होकर निर्विकल्प हुआ ॥५८॥

आतुर जोता रहे तो उसको क्रम संन्यास करना चाहिए, वह शूद्र, स्त्री, पतित और रजस्वला के साथ बात चीत न करे। यती देव पूजन के उत्सव का दर्शन न करे क्योंकि संन्यासियों का यह लोक नहीं है, आतुर और कुटीचक का भूलोक और भुवर्लोक

Scanned by CamScanner

है। बहूदक का स्वर्गलोक है, हंस का तप लोक है, परम-हंस का सत्य लोक है, तुरीयातीत और अवधूत को स्वरूप के अनुसंधान से भ्रमर और कीट के न्यायानुसार अपने आत्मा में ही कैवल्य है। स्वरूपानुसंधान के सिवाय अन्य शास्त्रों का अभ्यास व्यर्थ है जैसे ऊँट को केसर का भार व्यर्थ है। यति के लिये न योग शास्त्र की प्रवृत्ति, सांख्य शास्त्र का अभ्यास, न मन्त्र तन्त्र का व्यापार और न उसके लिए अन्य शास्त्र की प्रवृत्ति है। यदि है तो वह मृतक के आभूषणों के समान है, वह यति कर्म आचार और विद्या से दूर है। संन्यासी नाम कीर्तन के परायण न हो क्योंकि जो २ कर्म करता है, उस २ के फल का अनुभव करता है। अरंडी के तेल के फेन के समान सबको त्याग देवे, न देवता का प्रसाद ग्रहण करे, न बाहर के देव का पूजन करे, अपने सिवाय सबको त्याग कर मधुकर वृत्ति से आहार करता हुआ दुबला होकर चरबी को न बढ़ाता हुआ विहार करे। माधुकर से कर पात्र से अथवा मुख रूप पात्र से काल व्यतीत करे। आत्म को जानने वाला यति माप से आहार करे आहार के दो भाग हैं और तीसरा भाग जल का है, वायु के घूमने के लिए चौथा भाग खाली रक्खे ॥५९॥ नित्य भिक्षा वृत्ति से वर्ते, एक घरके अन्न का भोजन करने वाला कभी न हो, उद्वेग रहित राह देखते रहते हों उनके घर यत्न से जावे ॥६०॥ क्रियावानों के पांच या सात घरों में से भिक्षा लेने की इच्छा करे गौ दोही जाय उतना काल मात्र प्रतीक्षा करे, एक बार गया हुआ

फिर न जावे ॥६१॥ रात में खाने से उपवास श्रेष्ठ है, उपवास से बिना मांगा हुआ श्रेष्ठ है, बिना मांगे हुए से भिक्षा श्रेष्ठ है इसलिये भिक्षा से निर्वाह करे ॥६२॥ भिक्षा के समय बायें दायें होकर घरों में प्रवेश न करे, जहां दोष न हों, उस घर को मोह से छोड़ न जावे ॥६३॥ श्रद्धा भक्ति से रहित श्रोत्रिय के घरमें भी भिक्षा न करे, श्रद्धा भक्ति से युक्त संस्कार हीन के घर भी करले ॥६४॥ असंक्लिप्त माधूकरि प्राक्प्रणीत, अयाचित, तात्कालिक और उपपन्न पांच प्रकार की भिक्षा कही गई है ॥६५॥ मन में संकल्प न किये हुए तीन, पांच अथवा सात घरों से शहद की मक्खी के समान भिक्षा करना असंक्लिप्त माधूकर कहलाती है ॥६६॥ प्रातःकाल में अथवा पूर्व दिन में भक्ति से बारंबार प्रार्थना की गई हो, तो वह भिक्षा प्राक्प्रणीत कहलाती है, इस प्रकार भी संन्यासी निर्वाह कर सकते हैं ॥६७॥

भिक्षा के लिये घूमते समय किसी ने निमंत्रण कर दिया तो मुमुक्षुओंको उस अयाचित भिक्षाका भोजन करना चाहिये ॥६८॥ भिक्षा जाने के समय कोई ब्राह्मण आकर भिक्षा के लिये कहे तो उस तात्कालिक नाम की भिक्षा का यति भोजन करे ॥६९॥ बना हुआ अन्न जो ब्राह्मण मठ पर लाया हो उसको मोक्ष की इच्छा करने वाले मुनि उपपन्न कहते हैं ॥७०॥ यति माधूकर भिक्षा म्लेच्छ के घर में भी कर लेवे किंतु बृहस्पति के समान पंडित के यहां भी एक ही घर का भोजन न करे।

Scanned by CamScanner

याचित अथवा अयाचित भिक्षाओं से निर्वाह करे ॥ ७१ ॥ स्पर्श के दोष से वायु जलाने के कर्मों से अग्नि और मूत्र पुरीष से जल दूषित नहीं होता वैसे ही अन्न के दोष से संन्यासी दूषित नहीं होता ॥७२॥ धुयें रहित और मूसल के शब्द रहित घर में अग्नि बुझ जाने पर जहां मनुष्य भोजन कर रहे हों, वहां तीसरे पहर के पश्चात् भिक्षा करे ॥७३॥ निंदित पतित पाखंडी और देवपूजक को छोड़कर यति आपत्ति में सब वर्णों के यहां भिक्षा कर ले ॥ ७४ ॥ (यति के लिये) घी कुत्ते के मूत्र के समान शहद मदिरा के समान है, तेल सूकर के मूत्र के समान है। लहसन संयुक्त रसोई ॥ ७५ ॥ उड़द, पूपादि गौ के मांस के समान है दूध मूत्र के समान है। इसलिये घृत आदिक को प्रयत्न पूर्वक त्याग देवे। घृत रस आदि संयुक्त अन्न कभी न खावे ॥ ७६ ॥ हाथ ही उसका पात्र है इसलिये उसीसे सदा निर्वाह करे। हाथ रूपी पात्र वाला योगी दूसरी वार भोजन न करे ॥ ७७ ॥ जो मुनि गौ के समान मुख से आहार करता है वह सब में समान होजाता है और अमृत होने के योग्य समझा जाता है ॥७८॥ घी को रुधिर के समान त्याग दे, एकत्र अन्न को मांस के समान, गंध लेपन करने को अशुद्ध लेपन के समान क्षारको भंगीके समान वस्त्र को झूठे पात्रके समान अभ्यंग स्नान को स्त्री संगके समान मित्रोंके आह्लादको मूत्र के समान स्पृहा को गौ के मांस के समान, पहिचानने वालों के देश को चण्डाल की वाटिका के समान, स्त्री को सर्पिणी के समान, सुवर्ण को

विष के समान, सभा स्थान को श्मशान के स्थान के समान, राजधानी को कुम्भीपाक के समान, एक ही घर के भोजन को मृतक पिण्ड के समान त्याग दे। देव पूजन न करे। प्रपंच वृत्ति को त्याग कर जीवन्मुक्त होवे। आसन, पात्र लोप, संचय, शिष्य संचय, दिन का सोना, वृथा बोलना ये छः यति को बंधन करने वाले हैं ॥ ७९ ॥ वर्षा सिवाय जो स्थान है, वह आसन कहलाता है। कहे हुए तूंबी आदि पात्रों के अभाव में अन्य का ग्रहण करना ॥८०॥ यति के व्यवहार के लिये, वह पात्र लोप कहलाता है। ग्रहण किये दण्डादि के सिवाय दूसरे का ग्रहण करना ॥ ८१ ॥ दूसरे काल में उपभोग के लिए संचय कहलाता है। शुश्रूषा, लाभ, पूजा अथवा यश के लिये परिग्रह करना ॥ ८२ ॥ शिष्यों का, जो करुणा से न हो, वह शिष्य संग्रह कहलाता है। प्रकाश रूप होने से विद्या दिन और अविद्या रात्रि कहलाती है ॥ ८३ ॥ विद्या के अभ्यास में जो प्रमाद है, वह दिन का सोना कहलाता है। अध्यात्म कथा को छोड़कर, भिक्षा की बात के सिवाय तथा ॥ ८४ ॥ अनुग्रह और उत्तर देने के सिवाय अन्य वृथा जल्प कहलाता है। मद और मात्सर्य एकान्न है, गंध पुष्प भूषण है ॥ ८५ ॥ ताम्बूल और तेल लगाना कीड़ा है, भोगों में इच्छा न होना रसायन है। खुशामद, निन्दा, स्वास्ति और ज्योति क्रय विक्रय ॥ ८६ ॥ क्रिया, कर्म और विवाद गुरु के वाक्य का उल्लंघन है। संधि और विग्रह वाहन है। पलंग शुक्ल वस्त्र है ॥ ८७ ॥ वीर्य का छोड़ना दिन

Scanned by CamScanner

का सोना है, भिक्षा का आधार सुवर्ण है। विष आयुध है बीज हिंसा है और तीक्ष्णपना मथुन है ॥ ८८ ॥ सन्यास योग से गृहस्थ के धर्मादिक का छोड़ना व्रत है। गोत्रादि के सब आचार और पिता माता का कुल धन इन सब निषेध किये हुओं के सेवन करने से नीच गति को प्राप्त होता है ॥ ८९ ॥ वृद्ध हुआ विद्वान् भी वृद्ध स्त्री का विश्वास न करे। (क्योंकि) पुरानी कंथा में भी पुराना वस्त्र लगता है ॥ ९० ॥ स्थावर, जंगम बीज, सुवर्ण, विष, आयुध इन छः को मूत्र पुरीष के समान यति ग्रहण न करे ॥ ९१ ॥ आपत्ति के सिवाय मार्ग के लिये कोई भी वस्तु यति ग्रहण न करे। आपत्ति में जब तक अन्न न मिले पक्वान्न को ग्रहण करे ॥९२॥ निरोगी और युवा भिक्षु किसी के घर में वास न करे। दूसरे के लिए न लेना चाहिये न कुछ देना चाहिये ॥ ९३ ॥ जीवों के सौभाग्य के लिये यति दीन भाव का आचरण करे, पका हुआ अथवा न पका हुआ मांगने से अधो-गति को प्राप्त होता है ॥ ९४ ॥ अन्न पान परायण भिक्षु वस्त्रादि का ग्रहण करने वाला, ऊनी कपड़ा, विना ऊन का कपड़ा तथा रेशम का वस्त्र ॥ ९५ ॥ इनको ग्रहण करने से यति पतित होता है, इसमें संशय नहीं है, अद्वैत नाव का आश्रय करके जीवन्मुक्ति को प्राप्त करे ॥ ९६ ॥ वाणी के दण्ड के लिये मौन रहे, काया के दण्ड के लिये भोजन रहित रहे। मन को दण्ड देने के लिये प्राणायाम किया जाता है ॥ ९७ ॥ जीव कर्म से बंधन को प्राप्त होता है और विद्या से मुक्त होता

है इसलिये पारदर्शी यति कर्म नहीं करते ॥९८॥ मार्गों में बहुत से वस्त्र (फटे पुराने) पड़े मिलते हैं और भिक्षा सर्वत्र मिल जाती है। पृथिवी विस्तार वाली शय्या है फिर यति किस लिये दुखी हों ? ॥९९॥ यति ज्ञान के अग्नि से सम्पूर्ण प्रपंच को जला देवे। जो भली प्रकार से आत्मा में अग्नियों का आरोप कर दे वह महा यति अग्नि होत्र करने वाला है ॥१००॥ प्रवृत्ति दो प्रकार की है मार्जारी और वानरी। ज्ञान के अभ्यास वालों को तो प्रधानता से मार्जारी है और गौणता से वानरी नाम की है ॥१०१॥ बिना पूछा हुआ किसी से न बोले अन्याय से पूछा भी न बोले बुद्धिमान् जानता हुआ भी जड़ के समान लोक में आचरण करे ॥१०२॥ वह पापों के समूह के उपस्थित होने पर बारह हजार तारक मन्त्र का अभ्यास करे। वह पापों का काटने वाला है ॥१०३॥ जो प्रतिदिन बारह हजार प्रणव का जाप करे उसको बारह महीने में ही परब्रह्म का प्रकाश होता है ॥१०४॥ यह उपनिषत् है ॥ ॐ तत्सत् ॥ इति द्वितीय अध्याय ॥

॥इति संन्यास उपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

परमहंस परिव्राजक उपनिषत् ।

[२५]

पितामह (ब्रह्मा) ने अपने पिता आदि नारायण के पास जाकर प्रणाम करके पूछा "हे भगवन् ! वर्ण आश्रम के धर्म कर्म सब आपके मुख से सुनकर मैंने जानलिए हैं। अब मैं परमहंस परिव्राजकके लक्षण जानना चाहता हूं। परिव्राजक का अधिकारी कौन है ? परिव्राजकके लक्षण कैसे हैं ? परमहंस कौनहै ? परिव्राजक पना कैसा है ? यह सब मुझसे कहिये।" उन भगवान् आदि नारायण ने कहा 'सदगुरु के समीप सब विद्याओं को परिश्रम से जानकर विद्वान् इस लोक और परलोक के सुख को श्रम रूप जानकर, तीनों एषणा, तीनों वासना, ममता, अहंकारादिक को वमन किए हुए अन्न के समान त्यागने योग्य समझ कर मोक्ष मार्ग के मुख्य साधन रूप ब्रह्मचर्य को समाप्त करके गृहस्थ होवे, घर से वानप्रस्थ होकर जावे। अथवा दूसरी रीति से ब्रह्मचर्य से ही जावे अथवा घर से जावे अथवा बन से जावे। व्रत वाला या व्रत रहित, स्नातक या अस्नातक, अग्नि का त्याग किया है या अग्नि रहित, जिस दिन वैराग्य हो उसी दिन संन्यास ग्रहण करे इस प्रकार जानकर, सब संसार से विरक्त होकर, ब्रह्मचारी गृहस्थ अथवा वानप्रस्थ पिता माता, स्त्री पुत्र और प्राप्त बांधवों से और उनके अभाव में शिष्य और साथियों से सलाह लेकर

उस दिन कोई प्रजापति संबंधी यज्ञ करते हैं परन्तु वह न करे। आग्नेयी ही करे। 'इष्टि अग्नि ही प्राण है' अग्नि प्राण को करता है इस मंत्र से त्रैधातवी इष्टि करे। सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण ये ही तीन धातु हैं। 'हे अग्नि ! यह प्राण तुम्हारा कारण रूप है, प्राण से उत्पन्न हुए तुम प्रकाश को प्राप्त हो, प्राण के जानने वाले हे अग्नि देव ! तुम वृद्धि को प्राप्त हो और हमारी सम्पत्ति विशेष करो, इस मंत्र से अग्नि को सूंघे। 'जो प्राण अग्नि का कारण रूप है, उस प्राण में अग्नि देव तुम प्रवेश करो' ऐसे कह कर आहुति दे। ग्राम से श्रोत्रिय के स्थान से अग्नि लाकर अपनी कही हुई विधि के अनुसार पूर्व के समान अग्नि को सूंघे। जो आतुर हो और अग्नि न मिले तो जल में हवन करे। 'जल ही सब देवता हैं, सब देवताओं के लिये हवन करता हूँ स्वाहा, इस प्रकार हवन करके उठकर घृत सहित पवित्र हवि का भोजन करे। यह विधि वीर मार्ग में या अनाशक में यह संप्रवेश में या अग्नि प्रवेश में या महा प्रस्थान में है। जो आतुर (रोगी) हो तो मन से या वाणीसे संन्यासकी विधि करे। स्वस्थ क्रमसे ही आत्म श्राद्ध और विरजा होम करे। अग्नि को आत्मा में आरोप करके लौकिक, वैदिक सामर्थ्य को और अपनी चौदह करण प्रवृत्ति को पुत्र में आरोप करके पुत्र के अभाव में शिष्य में और शिष्य के अभाव में अपने आत्मा में आरोप करके 'तू ब्रह्मा है, तू यज्ञ है....' यह मन्त्र बोल कर ब्रह्म भावना से ध्यान करके सावित्री के प्रवेश जल में सब विद्याओं के अर्थ स्वरूप

Scanned by CamScanner

वाली, ब्राह्मण्यके आधाररूप वेद माताको, क्रमसे तीनों व्याहृतियों में लय करके तीनों व्याहृतियोंको अकार, उकार और मकार में लय करके सावधान होकर जलकापान करे। प्रणव उच्चारणपूर्वक शिखाको उखाड़कर, यज्ञोपवीतको काटकर, वस्त्रको भूमिया जल में छोड़कर 'ॐ भूः स्वाहा ॐ भुवः स्वाहा ॐ स्वः स्वाहा' इस मंत्र से नग्न होकर स्वरूपका ध्यान करता हुआ, फिर पृथक् प्रणव और व्याहृति पूर्वक मन से और वाणी से 'मैंने संन्यास किया, 'मैंने संन्यास किया, मैंने संन्यास किया' इस प्रकार मंद, मध्यम और उच्चध्वनि से तीन वार तीन गुणा प्रेष मंत्रका उच्चारण करके एक प्रणव के ही ध्यान परायण होकर सब भूतोंको अभय मानकर 'स्वाहा' इस प्रकार कहकर ऊंची भुजाएं करके 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार 'तत्त्वमसि' आदि वाक्य के अर्थ से स्वरूप का अनुसंधान करता हुआ उत्तर दिशा को चला जावे। शुद्ध होकर विचरे। यह संन्यास है। यदि उसका अधिकारी न हो तो गृहस्थ की प्रार्थना पूर्वक सब भूतों को अभयदान कर, 'हे सखा ! मेरे बल की रक्षा कर, तू सखा है, तू वृत्रासुर को मारने वाला इन्द्र का वज्र है, मुझको शांति देने वाला हो, जो पाप हो उसको निवारण कर !' प्रणव सहित इस मंत्र से लक्षण सहित वांस के दंड को, कटिसूत्र को, कौपीन को, कमंडलु को, नीचे के एक वस्त्र को ग्रहण करके सद्गुरुके पास जाकर नमस्कार करके गुरुमुखसे 'तत्त्वमसि' महा वाक्यको प्रणव सहित प्राप्त करके पुराने छालके वस्त्र अथवा मृग चर्म को धारण करके जल में उतरना, ऊँचे चढ़ना और एक

घर की भिक्षा को त्याग कर तीनों काल स्नान का आचरण करता हुआ, वेदान्त के श्रवण पूर्वक प्रणव का अनुष्ठान करता हुआ, ब्रह्म मार्ग में भली प्रकार संपन्न होकर अपने भाव को आत्मा में छुपा कर, ममता रहित आत्म निष्ठा वाला, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, दंभ, दर्प, अहंकार, असूया, गर्व, इच्छा, द्वेष, हर्ष, आमर्ष, ममता आदि को त्याग कर, ज्ञान वैराग्य से युक्त होकर, धन और स्त्री से विमुख होकर, शुद्ध मन वाला होकर सब उपनिषदों के अर्थ को विचारे। ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अहिंसा, सत्य की यत्न पूर्वक रक्षा करे। इन्द्रियों को जीत कर, बाहर और भीतर स्नेह रहित होकर शरीर धारण करने के निमित्त निन्दित और पतित को छोड़कर तीनों वर्णों में पशुओं के समान द्रोह से रहित होकर भिक्षा करता हुआ ब्रह्म होने के योग्य होता है। सब समय में लाभ और हानि को समान करके हाथ रूपी पात्र में माधुकर अन्न का भोजन करता हुआ, चरबी को न बढ़ाता हुआ कृश होकर 'मैं ब्रह्म हूँ' इस प्रकार भावना करता हुआ, भिक्षाके लिए ग्राममें जाकर दृढ़शील हो कर ८ मास अकेला विचरे। इस प्रकार भाव और वर्ताव दोनों का आचरण करे। जब अल बुद्धि होवे तब उस२ के मंत्र सहित कटिसूत्र कौपीन दंड कमंडलु सबको जल में छोड़कर कुटीचक या बहूदक या हंस या परमहंस होकर नंगा विचरे। ग्राम में एक रात, तीर्थ में तीन रात, शहर में पांच रात, क्षेत्र में सात रात, घर रहित,

Scanned by CamScanner

स्थिर बुद्धि, अग्नि की सेवा रहित, निर्विकार, नियम अनियम को छोड़कर, प्राण धारण करने के ही निमित्त लाभ हानि को समान करके गौवृत्ति से भिक्षा करे। जल के स्थान को कमंडलु जानकर अबाधक एकांत स्थान में बास करने वाला, लाभ हानि में फिर प्रीति न करता हुआ, शुभ अशुभ कर्मों को काटने के परायण हो। सर्वत्र भूतल में शयन करने वाला होकर, क्षौर कर्म को त्याग कर, चातुर्मास नियम व्रतों को भी छोड़ दे और शुक्ल ध्यान के परायण रहे। धन स्त्री और शहर से विमुख, अनुन्मत्त भी उन्मत्त के समान आचरण करता हुआ, अप्रकट लिंग वाला, अप्रकट आचार वाला, उसका दिन रात एक होने से वह सदा जागने वाला होता है। स्वरूप का अनुसंधान और ब्रह्म प्रणव के ध्यान मार्ग से युक्त संन्यास से देह का त्याग करता है वह परमहंस परिव्राजक होता है।"

ब्रह्मा पूछता है—"हे भगवन्! ब्रह्म प्रणव किस प्रकार का है?" उन नारायण ने कहा, "ब्रह्म प्रणव सोलह मात्रा वाला है। वह चारों अवस्था में चारों अवस्था के मिलने से पाई जाती है। जाग्रत अवस्था में जाग्रत आदि चार अवस्था, स्वप्न में स्वप्न आदि चार अवस्था, सुषुप्ति में सुषुप्ति आदि चार अवस्था और तुरीय में तुरीय आदि चार अवस्थायें होती हैं। जाग्रत अवस्था में विश्व चार प्रकार का है, विश्व विश्व, विश्व तैजस, विश्व प्राज्ञ और विश्व तुरीय। स्वप्न अवस्था में तैजस चार प्रकार का है, तैजस विश्व, तैजस तैजस, तैजस प्राज्ञ और तैजस तुरीय। सुषुप्ति

अवस्था में प्राज्ञ चार प्रकार का है; प्राज्ञ विश्व, प्राज्ञ तैजस, प्राज्ञ प्राज्ञ और प्राज्ञ तुरीय। तुरीय अवस्था में तुरीय चार प्रकार का है, तुरीय विश्व, तुरीय तैजस, तुरीय प्राज्ञ और तुरीय तुरीय। वह क्रम से सोलह मात्रा पर आरूढ़ रहते हैं। आकार में जाग्रत विश्व, उकार में जाग्रत तैजस, मकार में जाग्रत प्राज्ञ और अर्ध मात्रा में जाग्रत तुरीय, बिन्दु में स्वप्न विश्व, नाद में स्वप्न तैजस, कला में स्वप्न प्राज्ञ, कलातीत में स्वप्न तुरीय, शान्ति में सुषुप्त विश्व, शान्त्यतीत में सुषुप्त तैजस, उन्मनी में सुषुप्त प्राज्ञ, मनोन्मनी में सुषुप्त तुरीय, वैखरी में तुरीय विश्व, मध्यमा में तुरीय तैजस, पश्यन्ति में तुरीय प्राज्ञ और परा में तुरीय तुरीय। जाग्रत की चार मात्रायें अकार अंश वाली हैं, स्वप्न की चार मात्रायें उकार अंश वाली हैं, सुषुप्ति की चार मात्रायें मकार अंश वाली हैं, तुरीय की चार मात्रायें अर्ध मात्रा के अंश वाली हैं, यह ही ब्रह्म प्रणव है, वह तुरीयातीत परमहंस और अवधूत इनका उपास्य है। उससे ही ब्रह्म प्रकाशता है, उससे विदेह मुक्ति है।"

ब्रह्मा पूछता है "भगवन् यज्ञोपवीत रहित, शिखा रहित, सब कर्मों को त्याग करने वाला कैसे ब्रह्म निष्ठा परायण और कैसे ब्राह्मण होता है?"

उन विष्णु ने कहा "हे बालक! जो अद्वैत आत्म ज्ञान है, वह ही उसका यज्ञोपवीत है। ध्यान निष्ठा ही उसकी शिखा है।

Scanned by CamScanner

उसका कर्म पवित्र है, क्योंकि वह सब कर्म कर चुका है वह ब्राह्मण है, वह ब्रह्मनिष्ठा परायण है वह देव है, वह ऋषि है, वह तपस्वी है, वह श्रेष्ठ है. वही सबसे बड़ा है, वही जगद्गुरु है, और वह ही मैं हूँ, ऐसा जान। लोक में परमहंस परिव्राजक एकादिक होता है, वह अत्यन्त दुर्लभ है, वह ही नित्य पवित्र है, और वह ही वेदपुरुष महापुरुष है, जिसका चित्त मुझ ही में स्थित है, और मैं उसमें स्थित हूँ, वह नित्य तृप्त है वह शीत उष्ण, सुख दुःख, मान अपमान रहित है वह निन्दा और आमर्ष का सहन करने वाला है, वह छः उर्मियों से रहित है, और छः भाव विकारों से रहित है वह छोटे बड़े के विचार से रहित है, और वह अपने सिवाय अन्य को देखने वाला नहीं है दिशायें उसके वस्त्र हैं, न वह नमस्कार करता है, न स्वाहाकार, न स्वधाकार और विसर्जन परायण होता है। वह न निन्दा स्तुत करता है, न मन्त्र तन्त्र का उपासक है। अन्य देव के ध्यान से रहित लक्ष अलक्ष को छोड़ने वाला, सब से उपराम वाला वह सच्चिदानन्द, अद्वय, चेतनघन सम्पूर्ण आनन्द का एक बोध वाला, और ब्रह्म प्रणव के अनुसन्धान से मैं ब्रह्म हूँ इस प्रकार के अखंड भाव से कृत कृत्य होजाता है, वह ही परमहंस परिव्राजक है, यह उपनिषत् है।"

॥ इति परमहंस परिव्राजक उपनिषत् समाप्त ॥

संन्यास

त्रिशिखि ब्राह्मण उपनिषत्।

[२६]

त्रिशिखी ब्राह्मण आदित्य लोक में गया और उन (आदित्य) के पास जाकर कहा "हे भगवान्! देह क्या है? प्राण क्या है? कारण क्या है? आत्मा क्या है?" उसने कहा "इस सबको शिव ही जान!" किन्तु नित्य, शुद्ध, निरंजन, विभु, अद्वितीय, शिव एक अपने प्रकाश से इस सबको देखकर तपे हुये लोहे के पिण्ड के समान एक ही को भिन्न के समान प्रकाशता है। यदि पूछो कि वह प्रकाश करने वाला कौन है तो कहा जाता है। अविद्या सहित ब्रह्म सत् शब्द का वाच्य है। ब्रह्म अव्यक्त, अव्यक्त से महत्, महत् से अहंकार, अहंकार से पांच तन्मात्रा, पांच तन्मात्राओं से पांच महाभूत, पाँच महाभूतों से सम्पूर्ण जगत् है। वह सम्पूर्ण क्या है? भूतों के विकारों के विभाग है। एक ही पिण्ड में भूतों के विकारों के विभाग कैसे होते हैं? उन उनके कार्य कारण के भेद से अंश तत्व, वाचक वाच्य, स्थान भेद, विषय, देवता, कोश भेद, ये विभाग होते हैं। जैसे अन्तःकरण, मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ये आकाश है। समान, उदान, व्यान, अपान और प्राण ये वायु हैं। श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और नासिका ये अग्नि है। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये जल हैं। वाणी, हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ ये पृथ्वी हैं। ज्ञान,

Scanned by CamScanner

संकल्प, निश्चय, अनुसंधान और अभिमान ये आकाश के कार्य और अन्तःकरण के विषय ये हैं:—एकत्र करना, आँख खोलना पकड़ना, फैलना और उश्वास वायु के कार्य और प्राणादि के विषय हैं। शब्द, स्पर्श रूप, रस और गन्ध अग्नि के कार्य और ज्ञानेन्द्रिय के विषय और जल के आश्रित है। बोलना, पकड़ना, चलना, त्यागना और आनन्द पृथिवी के कार्य और कर्मेन्द्रिय के विषय है। ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय के विषयों में प्राण और तन्मात्राओं के विषय अन्तर्भूत हैं। मन और बुद्धि में चित्त और अहंकार अंतर्भूत हैं, अवकाश, ठेलना, दर्शन, पिंडीकरण, धारण ये पांच सूक्ष्मतम तन्मात्रा के विषय हैं। इस प्रकार आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक बारह अङ्ग हैं। उनमें, चन्द्रमा, ब्रह्मा, दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनीकुमार, अग्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, प्रजापति और यम ये इन्द्रियों के अधिदेवता रूप से बारह नाड़ियों के भीतर स्थित प्राण ही हैं, ये अंग हैं। अंगों का ज्ञान रूप ही ज्ञाता है।

आकाश, वायु, अग्नि, जल और अन्न का पञ्चीकरण इस प्रकार है। जाननापना समान वायु के योग से है श्रोत्र द्वारा शब्द गुण वाणी के सहारे आकाश में स्थित है और आकाश स्थित है। मन व्यान के योग से है त्वचा द्वारा स्पर्श गुण हाथ के सहारे वायु मे स्थित है और वायु स्थित है। बुद्धि उदान के योग हे, चक्षु द्वारा रूप गुण पाद के सहारे अग्नि में स्थित है और अग्नि स्थित है। चित्त अपान के योग से है जिह्वा द्वारा रस गुण उपस्थ

के सहारे जल में स्थित है और जल स्थित है। अहंकार प्राण के योग से है, नासिका द्वारा गंध गुण गुदा के सहारे पृथ्वी में स्थित है और पृथ्वी स्थित है ऐसा वह जानता है। इसमें ये श्लोक हैं। प्रत्येक भूत के अपने आधे भाग और दूसरों की क्रम से सोलह कलाओं से अन्तःकरण (आकाश), व्यान (वायु), अक्षि (तेज), जिह्वा (जल) और गुदा (पृथ्वी) ये आकाश के क्रम से ॥१॥ प्रत्येक भूत का मुख्य पहिला भाग और पिछले चार २ भाग आकाश से लेकर पृथिवी आदि में स्थित हैं॥ २॥ मुख्य भाग से ऊपर के सूक्ष्म भूत को जाने, पीछे बने हों उनको स्थूल जाने। इसी प्रकार उससे अंश हुआ और वैसे ही उनसे अंश हुए॥ ३॥ इस प्रकार एक दूसरे का आश्रय करके क्रम से सब ओत प्रोत हैं।

वह पांच भूतों वाली पृथिवी चेतन से युक्त हैं॥ ४॥ उसी (पृथिवी) से ओषधी और अन्न हैं, उसीसे चार प्रकार के पिण्ड हैं रस, लोहू, मांस, चरबी, हड्डी, मज्जा और वीर्य धातु हैं॥५॥ कहीं २ उन धातुओं के संयोग से प्राणियों के कुछ पिन्ड हुए, अन्नमय पिण्ड नाभि मण्डल मैं स्थित है॥ ६॥ उसके मध्य में नाल सहित कमल कोश के समान हृदय है। हृदय के भीतर कर्ता के अहंकार से चेतन ऐसे सत्त्वगुणी देवता बैठे हुए हैं॥ ७॥ इसका बीज मोह रूप जड़ और घन ऐसा तमोगुण का पिण्ड रूप अज्ञान कंठ का आश्रय करके वर्तता है यह जगत् उससे व्याप्त है॥ ८॥ प्रत्येक आनंद रूप आत्मा मूर्धा के स्थान परम

Scanned by CamScanner

पद में अनंत शक्तियों से युक्त होकर जगत् रूप हो भासता है ॥९॥ जाग्रत सर्वत्र वर्तता है स्वप्न जाग्रत में वर्तता है, सुषुप्ति और तुरीय ये अन्य अवस्थाओं में कहीं नहीं वर्ततीं ॥१०॥ चारों रूप से शिव स्वरूप सब देशों में ओत प्रोत है, जैसे कि सब महा-फलों में रस सबका प्रवर्तक है ॥११॥ इस प्रकार अन्नमय कोश के भीतर इतर कोश स्थित हैं, जैसे कोश हैं वैसा जीव है और जैसा जीव है वैसा शिव है ॥१२॥ जीव विकारी है और शिव निर्विकार है। कोश उसके विकार हैं और वे सब अवस्थाओं में प्रवर्तक हैं ॥१३॥ जैसे दूध के पात्र में मथने से फेन उत्पन्न होता है, ऐसे ही मन के मथने से बहुत से विकल्प होते हैं ॥१४॥ कर्मी कर्मों से वर्तता है और उनके त्याग से शांति को प्राप्त होता है। दक्षिण अयन में प्राप्त होने से प्रपंच में फँसा हुआ है ॥१५॥ सदाशिव अहंकार के अभिमान से जीव हुआ है, वह अविवेक और प्रकृति के संग से वहाँ मोह को प्राप्त होता है ॥१६॥ वासना के वश होकर वह सैकड़ों योनियों में जाकर सोता है और मोक्ष से विमुख होकर भटका करता है जैसे कि मत्स्य दोनों किनारों पर आता जाता है ॥१७॥ पीछे काल के वश से ही आत्म ज्ञान और विवेक से उत्तर मार्ग परायण होकर एक स्थान से दूसरे स्थान को क्रम से प्राप्त होता है ॥१८॥ अपने प्राण को मूर्धा में धारण करके योगाभ्यास में लगता है, योग से ज्ञान उत्पन्न होता है और ज्ञान से योग प्रवृत्त होता है ॥१९॥ वह नित्य ज्ञानयोग परायण योगी नष्ट नहीं

होता, विकार में स्थित शिव को देखता है। किन्तु शिव में तो विकार है ही नहीं। २०॥ योग के प्रकाशक (शिव) का अनन्य भाव से योग द्वारा ध्यान करे जिसको योग और ज्ञान नहीं होता उसका भाव सिद्ध नहीं होता ।२१॥ इसलिये अभ्यास योग से मन का प्राण द्वारा निरोध करे, मानो क्षुरे की पैनी धार से उसको काट डालो। यमादि आठ योग के आगे के अभ्यास से आत्माज्ञान रूप योग शिखा उत्पन्न होती है।

ज्ञानयोग और कर्मयोग दो प्रकार का योग माना गया है ॥ २२-२३ ॥ हे उत्तम ब्राह्मण ! अब कर्मयोग सुन ! अव्याकुल चित्त वाले का विषयों से बंधन कहां ? ॥ २४ ॥ हे द्विज श्रेष्ठ ! जो संयोग है, वह दो प्रकार का कहा जाता है। शास्त्र विहित कर्मों में कर्म कर्तव्य है ॥ २५ ॥ मन का नित्य निग्रह करना कर्मयोग कहलाता है, और जो चित्त को सदा अपने कल्याण में लगाना ॥ २६ ॥ वह शिव रूप सब सिद्धियों को देने वाला ज्ञानयोग जानना चाहिए। कहे हुए लक्षण वाले दोनों प्रकार के योग में जिसका मन निर्विकार है ॥ २७ ॥ वह मोक्ष लक्षण वाले परम श्रेय को शीघ्र प्राप्त होता है।

देह इन्द्रियों में वैराग्य को पंडित यम कहते हैं ॥ ४८ ॥ परम तत्व में सदा अनुराग नियम कहलाता है। सब वस्तुओं में उदा-सीन भाव उत्तम आसन कहलाता है ॥ २९ ॥ इस सब जगत् को मिथ्या प्रतीति प्राण का संयम है। हे श्रेष्ट! चित्त का अंतर्मुखी

Scanned by CamScanner

भाव प्रत्याहार है ॥३०॥ चित्त के निश्चल भाव धारण करने को धारणा जान। 'मैं वह चिन्मात्र हूँ' इस प्रकार चिंतवन करना ध्यान कहलाता है ॥३१॥ ध्यान का भली प्रकार विस्मरण होना समाधि कहलाती है।

अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, दया, सीधापन ॥३२॥ क्षमा धैर्य सूक्ष्माहार और शौच ये दश यम हैं। तप, संतोष, आस्तिकाना, दान, ईश्वर का आराधन ॥३३॥ वेदान्त का श्रवण, लज्जा की बुद्धि और जप व्रत है। हे ब्राह्मण! स्वस्तिक आदि आसन और उनके अंग यानी विधि कहते हैं:—॥३४॥ दोनों पैरों के तलुओं को परस्पर दोनों घोंटुओं के बीच में करके बैठने को स्वास्तिक आसन कहते हैं ॥३५॥ पीठ के वाम भाग में दांयां टकना और दांयें भाग में वायें टकने को लगा कर जो गौ के मुख के समान हो जाता है, वह गोमुख आसन होता है ॥३६॥ एक चरण को वाम जंघा पर और दूसरे को दक्षिण जंघा पर रख कर वीरासन कहलाता है ॥४७॥ दोनों एड़ियों से गुदा को विपरीत क्रम से दबा कर यानी दांई से वाम भाग को और वांई से दक्षिण भाग को दबा कर जो सावधानी से बैठा जाय वह योगासन होता है, इस प्रकार योग के जानने वाले जानते हैं ॥३८॥ जब दोनों जंघाओं पर दोनों पैर के तलुये रक्खे जाते हैं तब यह पद्मासन सब व्याधि और विष नाश करने वाला होता है ॥३९॥ पद्मासन को लगा कर फिर विपरीत क्रम से दोनों अंगूठों को दोंनों हाथों से पकड़े तो बद्ध पद्मासन होता

है ॥ ४० ॥ पद्मासन को लगा कर जानू और जंघाओं के बीच में दोनों हाथों को भूमि में लगा कर आकाश में स्थित रहे, यह कुक्कुट आसन है ॥४१॥ कुक्कुट आसन को लगाकर दोनों भुजाओं से कंधों को भली प्रकार बांध कर कूर्म के समान सीधा हो तो वह उत्तान कूर्मासन कहलाता है ॥४२॥ दोनों पैरों के अंगूठों को हाथों से पकड़ कर मनुष्य के समान कान तक खींचें, उसको धनुरासन कहते हैं ॥४३॥ सीवनी को दोनों एड़ियों से विपरीत रीति से दबा कर दोनों घोंटुओं और हाथों को फैलाने से सिंहासन होता है ॥४४॥ वृषणों के नीचे सीवनी के दोनों पार्श्व भागों में एड़ियों को रख कर पैर और हाथों को बांध कर बैठने से भद्रासन होता है ॥४५॥ सीवनी के दोनों पार्श्व भागों को एड़ियों से विपरीत रीति से दबावे उसको मुक्तासन कहा है ॥४६॥ दोनों हाथों से भूमि को स्पर्श करके उन हाथों की कुहनी के ऊपर नाभि के दोनों पार्श्व भागों को मोर के समान स्थापित करके ॥४७॥ शिर और पैरों को उठे हुए रखने से मयूरासन कहलाता है। बांई जंघा के मूल में दहिना चरण रख कर और जानु से बाहर वाम पाद को हाथ से लपेट कर ॥४८॥ और वाम भाग से बांये अंगूठे को पकड़े वह मत्स्येन्द्र आसन होता है। बांयें पैर से एड़ी को दबा कर मेढ के ऊपर दक्षिण पैर को रख कर ॥४९॥ सीधा शरीर करके बैठे इसको सिद्धासन कहा है। दोनों चरणों को भूमि पर फैला कर, दोनों पैर के अंगूठों को भली प्रकार पकड़ कर ॥५०॥

Scanned by CamScanner

घोंटुओं के ऊपर मस्तक को रक्खे तो वह आसन पश्चितमान कहलाता है जिस किसी प्रकार से सुख और स्थिरता उत्पन्न होती है ॥५१॥ वह सुखासन कहलाता है, असमर्थ पुरुष उसको लगावे, जिसने आसन को जीत लिया उसने तीनों जगत् को जीत लिया ॥५२॥

आदि में यम नियम और आसन से युक्त होकर नाड़ियों की शुद्धि करके प्राणायाम करे ॥५३॥ देह का प्रमाण अपनी अंगुलियों से छ्यानवे अंगुली विस्तार वाला है, शरीर से बारह अंगुल अधिक प्राण का प्रमाण है ॥५४॥ देह में स्थित वायु को देह से उत्पन्न हुए अग्नि से योग द्वारा न्यून अथवा समान करता हुआ ब्रह्म जाना जाता है ॥५५॥ देह के मध्य में तपे हुए मनुष्यों में सोने की प्रभाव वाला तीन कोण वाला अग्नि का स्थान होता है, और चार कोण वाला चार पद वाले पशुओं में होता है ॥५६॥ पक्षियों का गोल होता है, सर्प की योनि वालों का छः कोण का होता है। पसीने से उत्पन्न होने वालों का आठ कोण का होता है। मनुष्यों के देह में उस स्थान पर दीपक के समान उज्ज्वल नौ अंगुल वाला कन्द स्थान होता है। वह चार अंगुल ऊँचा और चार अंगुल चौड़ा होता है ॥५७॥ तिर्यक्, पक्षियों और चौपायों में अण्डे की आकृति वाला पेट के मध्य में वह स्थित है, उसके मध्य को नाभि कहते हैं ॥५८॥ वहां बारह आरे वाले चक्र हैं, उनमें विष्णु आदि की मूर्तियाँ हैं, वहां स्थित चक्र को मैं अपनी माया से घुमाता हूँ ॥५९॥ हे

उत्तम ब्राह्मण ! उन आरों में जीव क्रम से इस प्रकार घूमता है जिस प्रकार तन्तु के जाल में मकड़ी घूमती है ॥६०॥ प्राण पर चढ़ा हुआ जीव चलता है, उसके बिना नहीं चलता, उस नाभि के ऊपर कुण्डली का स्थान तिरछा और ऊँचा है ॥६१॥ वह आठ प्रकृति वाली आठ प्रकार की कुण्डली किये हुए है; वह वायु तथा अन्न जल के संचार को ठीक ठीक कन्द के पास चारों तरफ से रोक कर सदा स्थित है इसी प्रकार ब्रह्म रंध्रके मुखको मुखसे घेर कर स्थित है ॥६२-६३॥ योग काल में अग्नि सहित पवन से जाग्रत की हुई हृदय आकाश में नाग रूप से अत्यन्त प्रकाश वाली स्फुरित होती है ॥६४॥ अपान से दो अंगुल ऊँची मेढ़ के नीचे तक मनुष्यों के देह का मध्य होता है और चौपायों का हृदय में होता है ॥६५॥ तथा औरों का टूंडी के मध्य में होता है। (प्राण अपान से संयुक्त सुषुम्ना से देह के मध्य में चार प्रकार से प्रकाशती है) ॥६६॥ कन्द के मध्य में प्रसिद्ध सुषुम्ना नाड़ी स्थित है। वह कमल सूत्र के समान सूक्ष्म सोधी ऊपर गई हुई है ॥ ६७ ॥ ब्रह्मरंध्र तक बिजुली के समान प्रकाशित नाल वाली वैष्णवी ब्रह्म नाड़ी निर्वाण प्राप्ति का मार्ग रूप है ॥६८॥ इडा और पिंगला उसके इधर-उधर स्थित हैं, इडा कन्द से बाँई नासिका के पुट तक चली गई है ॥६९॥ पिंगला उससे दांई नासिका के पुट तक चली गई है। गांधारी हस्तिजिह्वा दो नाड़ी और अन्य नाड़िया स्थित हैं ॥ ७० ॥ वे उसके आगे पीछे

Scanned by CamScanner

बांई और दांई आंख तक गई हैं। पूषा और यशस्विनी नाड़ियां उसी से निकली हैं ॥७१॥ वे मुदा के मूल से दांयें और बायें कान तक गई हैं। अलम्बुसा शुभा नाड़ी मेढ्र के अन्त तक नीचे गई हुई है ॥७२॥ कन्द के नीचे पैर के अंगूठे तक कौशिकी है। ये दश प्रकार की नाड़ियां कंद से उत्पन्न हुई कही गई है ॥ ७३ ॥ उसके मूल में बहुत सी सूक्ष्म और स्थूल नाड़ियां हैं स्थूल और सूक्ष्म बहत्तर हजार नाड़ियां हैं ॥७४॥ स्थूल मूल वाली नाड़ियों की भिन्न २ प्रकार से गिनती नहीं हो सकती जैसे पीपल के पत्ते में सूक्ष्म और स्थूल नसें फैली हुई है ॥ ७५ ॥ प्राण, अपान, समान उदान, और व्यान। नाग, कूर्म कृकर देवदत्त और धनंजय ॥७६॥ प्राणादिक दश वायु दश नाड़ियों में चलते हैं, उन में प्राणादि पांच मुख्य हैं और उनमें दो (प्राण अपान मुख्य हैं ॥७७॥ अथवा प्राण ही मुख्य है और जीव को धारण करता है। मुख और नासिका का मध्य, हृदय नाभि मंडल ॥७८॥ और पैरका अंगूठा, हे श्रेष्ठ ब्राह्मण ! ये प्राण के स्थान हैं। हे ब्राह्मण अपान गुदा, मेढ्र जंघा और घुटू में चलता है ॥७९॥ समान सब अंगों में सर्वव्यापी होकर स्थित है। उदान दोनों पैर दोनों हाथ और सब संधियों में स्थित है ॥८०॥ व्यान श्रोत्र जंघा कमर, एड़ी, कन्धे और गले में स्थित है। नागादि पांच वायु त्वचा और हड्डी आदिकों में स्थित है ॥ ८१ ॥ तुन्द में स्थित जल, अन्न और रसादिकों को एकत्र कर के तुन्द के मध्य मेंरहा हुआ प्राण पृथक् २ करता है ॥८२॥ इत्यादि चेष्टा प्राण पृथक्

स्थित हो कर करता है। अपान मूत्रादि और विसर्जन करता है ॥८३॥ व्यान वायु से प्राण अपान आदि की चेष्टा की जाती हैं शरीर में स्थित उदान से आकाश की तरफ उड़ाया जाता है ॥८४॥ समान शरीरादि का पोषण आदि करता है। डकार आदि क्रिया नाग की है। कूर्म की क्रिया आँखों का खोलना मुदना है ॥८५॥ कृकर भूख लगाता है। देवदत्त निद्रा आदि कर्म करता है मृतक शरीर की शोभा आदि धनंजय करता है ॥८६॥ नाड़ी भेद, वायु भेद और प्राणों का स्थान और चेष्टा अनेक हैं। हे ब्राह्मण श्रेष्ठ ! उनको जान कर ही ॥ ८७ ॥

पूर्वोक्त ज्ञान से युक्त होकर नाड़ियों को शुद्ध करने का यत्न करे। सर्व संबंध से रहित योग के अंगों की सामग्री से संपूर्ण और एकान्त देश में जाकर वहां लकड़ी के बने हुये शुभ स्थान में दर्भ, कुश और काले मृग चर्म का आसन बनावे ॥८८-८९॥ जब तक दोनों अंग समान न होजांय तब तक आसन की साधना करे। आसन पर बैठ कर यथा रुचि स्वस्तिक आदि आसन भली प्रकार लगावे ॥९०॥ ब्राह्मण सीधा शरीर रख कर समाचित चित्त होकर प्रथम आसन लगाकर नासा के अग्र भाग में दृष्टि करके दांतों से दांतों को न स्पर्श करते हुए ॥९१॥ जिह्वाको तालू में रख कर उपद्रव रहित स्वस्थ चित होकर सकोड़े हुए शिर को योग मुद्रा से कुछ २ हाथों को बाँध कर कही हुई विधि से प्राणायाम करे। रेचन, पूरण, वायु का शोधन तथा रेचन ॥ ९२-९३ ॥ चार प्रकार से वायु के नियमन को प्राणा-

Scanned by CamScanner

याम कहते हैं। दहिने हाथ से नासिका के पुट को दबाकर ॥९४॥ फिर धीरे २ पिंगला के वायु को बाहर फेंके। हे ब्राह्मण ! इड़ा से सोलह मात्रा से वायु को भर कर ॥९५॥ भरे हुए को चौंसठ मात्रा से रोके। पिंगला वायु को बत्तीस मात्रा से भली प्रकार रेचन करे ॥९६॥ क्रम से और विपरीति क्रम से इस प्रकार वारंवार करे। कुंभ के समान देह में भरे हुए वायु को रोके ॥९७॥ इस प्रकार पूर्ण करने से सब नाड़ियाँ वायु से भर जाती हैं। हे ब्राह्मण ! ऐसा करने से दश वायु चलने लगते हैं ॥९८॥ हृदय कमल भी प्रत्यक्ष विकस जाता है। वहां पाप रहित वासुदेव परात्मा को देखे ॥९९॥ सवेरे, दोपहर, सांझ और आधीरात को धीरे २ अस्सी तक चार वार कुंभक करे ॥ १०० ॥ एक दिन मात्र करने से ही सब पापों से छूट जाता है। प्राणायाम परायण मनुष्य तीन साल के बाद ॥ १०१ ॥ योगी योग सिद्ध हो जाता है। वायु का जीतने वाला जितेन्द्रिय, थोड़ा भोजन करने वाला, थोड़ा सोने वाला, तेजस्वी और बलवान् हो जाता है ॥ १०२ ॥ अकाल मृत्यु को उल्लंघन करके दीर्घ आयु को प्राप्त होता है। पसीना उत्पन्न करने वाला प्राणायाम अधम है ॥ १०३ ॥ जिस प्राणायाम में शरीर कांपता है वह मध्यम है। जिसमें शरीर उठ जाता है, वह उत्तम कहा गया है ॥१०४॥ अधम प्राणायाम में व्याधि और पापों का नाश होता है, मध्यम में पाप, रोग और महा व्याधि का नाश होता है और उत्तम में ॥ १०५ ॥ उसका

मल मूत्र अल्प होजाता है, देह हल्का होजाता है, उसका भोजन थोड़ा होता है, परन्तु इन्द्रिय और बुद्धि तीव्र होजाती है और वह तीनों काल का जानने वाला होजाता है ॥ १०६ ॥ रेचक और पूरक को छोड़कर जो कुंभक ही करता है, उसको तीनों काल में कुछ दुर्लभ नहीं है ॥ १०७ ॥ यत्न करने वाला नाभि कंद में, नासिकाके अग्रभागमें और पैरके अंगूठेमें सदा अथवा संन्ध्याकाल में मनमें प्राण को धारण करे ॥ १०८ ॥ वह योगी सब रोगोंसे मुक्त होकरअशांति रहित होकरजीताहै। नाभिकंदमें प्राणधारण करने से कुक्षि के रोग नाश होते हैं ॥ १०९ ॥ नासा के अग्र में धारण करने से दीर्घायु होता है और देह हलका होता है। ब्राह्म मुहूर्त में वायु को जिह्वा से खेंच कर ॥ ११० ॥ तीन मास तक पीये तो महान् वाक् सिद्धि होती है। छः मास के अभ्यास से महा रोग का नाश होता है ॥ १११ ॥ रोगादि से दूषित जिस २ अंग में वायु धारण किया जाता है वायु के धारण करने से वह अंग आरोग्य होजाता है ॥ ११२ ॥ मनके धारण करनेसे पवन धारण किया हुआ हो जाता है। हे उत्तम ब्राह्मण ! मनके धारण करने का हेतु प्राण कहा जाता है ॥ ११३ ॥ समाहित होकर इन्द्रियों को विषयों से रोक कर अपान को ऊपर खेंचे और ऊपर २ धारण करे ॥ ११४ ॥ श्रोतादि इन्द्रियों को हाथों से बंद करके कहे हुए योग करने वाले का मन वश हो जाता है ॥ ११५ ॥

Scanned by CamScanner

मन के वश हो जाने से प्राण वायु सदा स्वाधीन रहता है। नासिका के छिद्रों में क्रमसे वर्तता है ॥ ११६ ॥

नाड़ियां तीन होती है। उन प्राणायाम करने वाले महात्माओं के प्राण जितने काल तक दाहिने नासा पुट से चलता है उतने ही काल बांयें से चलता है। इस प्रकार क्रम से चलते हुए प्राण वाला प्राणको जीतने वाला मनुष्य ॥ ११७–११८ ॥ दिन रात, पक्ष, मास, ऋतु अयनादिक काल भेद को समाहित और अन्तर्मुख होकर जानता हैं ॥ ११९ ॥ अंगुष्ठादि अपने अवयवों का स्फुरण वा दर्शन होना बन्द होजाना इन अरिष्टों से जीते हुए ही अपना क्षय मृत्यु जाने ॥ १२० ॥ ऐसा जानकर श्रेष्ठ योगी कैवल्य का प्रयत्न करे। जिसके पैरके अंगूठे और हाथ के अंगूठे में स्फुरण सुनाई न दे ॥ १२१ ॥ तो उसके जीवन का साल भरके बाद क्षय होता है। जिसके कलाई और एड़ी का स्फुरण बंद हो जावे ॥ १२२ ॥ तो उसके जीवित की छः मास तक स्थित रहें। जिसकी कुहनी में स्फुरण न हो, उसकी तीन मास की स्थित है ॥ १२३ ॥ कोख, शिश्न और पांसू में स्फुरण न रहने से एक मास तक जीवे और दृष्टि में स्फुरण न होने से आधे मास जीवे ॥ १२४ ॥ जठर द्वार पर स्फुरण न होने से दश दिन जीवन होता है। जिसकी ज्योति जुगनू के समान हो जाती है उसका जीवन पाँच दिन होता है ॥ १२५ ॥ जिह्वा का अग्र न दीखने पर तीन दिन उसकी स्थिति रहती है। ज्वाला के न दीखने पर दो दिन में निश्चय मृत्यु होजाता है ॥ १२६ ॥ इत्यादि अरिष्ट दृश्य

आयु के क्षय के कारण है इसलिये जप ध्यान परायण होकर अपने कल्याण का यत्न करे ॥१२७॥ मन से परमात्मा का ध्यान करके उसकी एक रूपता को प्राप्त करे।

मर्म स्थानों में धारणा अठारह भेद वाली है ॥१२८॥ स्थान से स्थान का जो खींचना है, वह प्रत्याहार कहलाता है। पैर का अंगूठा, एड़ी, जंघा का मध्य ॥१२९॥ उरुका मध्य, गुदा का मूल, हृदय, शिश्न, देह का मध्य, नाभि, कंठ कुहनी ॥ १३० ॥ तालु का मूल, घ्राण का मूल और आंखों का मंडल, भौंओं का मध्य, मस्तक का ऊर्ध्व मूल घोंटू ॥ १३१ ॥ का मूल और हाथों का मूल, हे ब्राह्मण ! पांचों भूतों के इस पंचभौतिक देह में, ये महार (मर्म स्थान) हैं ॥१३२॥ युक्त मन का जो यमादि से धारण करना है वही संसार से तारने का कारण रूप धारणा है ॥१३३॥

घोंटू से पैर तक पृथ्वी का स्थान कहलाता है। पीली, चार कोण वाली पृथ्वी वज्र से लांछित है ॥१३४॥ पांच घड़ी तक वायु को रोक कर पृथ्वी का ध्यान करना चाहिए। घोंटू से कमर तक जल का स्थान कहा है ॥ १३५ ॥ आधे चन्द्र के समान आकार वाला, श्वेत और चांदी से लांछित है। दश घड़ी तक श्वास को रोक कर जल का ध्यान करना चाहिये ॥१३६॥ देह के मध्य से कटि पर्यन्त अग्नि का स्थान कहा है। वहाँ सिन्दूर के रंग वाले प्रज्वलित अग्नि का पन्दरह घड़ी ॥१३७॥ प्राण को

Scanned by CamScanner

नाड़ियों में रोक कर ध्यान करना चाहिये, इस प्रकार कहा है। नाभि के ऊपर नासिका पर्यन्त वायु का स्थान है, वहां ॥ १३८ ॥ वेदी के आकार वाला, धुएं के रंग वाला, बलवान् पवन है। कुंभक करके पवन को प्राण में बीस घड़ी तक रोक कर ध्यान करना चाहिये, घ्राण से ब्रह्मरंध्र तक आकाश का स्थान है, वहां नीले रंग के समान प्रभा है॥ १३९-१४० ॥ यत्न करने वाला कुम्भक से आकाश में वायु को रोके। फिर देह के पृथ्वी अंश में चार भुजा वाले, किरीट वाले ॥ १४१ ॥ अनिरुद्ध हरि का योगी संसार से मुक्त होने के लिये ध्यान करने का यत्न करे। सूक्ष्म बुद्धिवाला योगी जलके अंशमें नारायणको पूर्ण करे ॥ १४२ ॥ अग्नि में प्रद्युम्न को, वायु के अंश में संकर्षण को और पीछे आकाश अंश में परमात्मा वासुदेवका सदा स्मरण करे ॥ १४३ ॥ सदा अभ्यास करने वाले को इस परमात्मा की प्राप्ति शीघ्र ही हो जाती है, इसमें संशय नहीं है।

प्रथम योगासन को बांधकर हृदय देश में हृदय को रोक कर ॥ १४४ ॥ नासा के अग्र भाग में दृष्टि लगाकर जिह्वा को तालू में करके दांतो से दांतों को न स्पर्श करते हुए ऊँचा शरीर करके समाहित होकर ॥ १४५ ॥ शुद्ध आत्मबुद्धि से इन्द्रियों के समूह को रोक कर वासुदेव परमात्मा का चिंतवन करे ॥ १४६ ॥ अपने में व्याप्त रूप का ध्यान कैवल्य सिद्धि को देने वाला है। जो एक पहर कुम्भक द्वारा वासुदेव का चिंतवन करे ॥ १४७ ॥ उस योगी का सात जन्म का किया हुआ पाप नष्ट हो जाता है।

नाभि कन्द से लेकर हृदय स्थान तक ॥१४८॥ जाग्रत वृत्ति को जाने। स्वप्न वाला कंठ में स्थित होना है। सुषुप्त तालू के मध्य स्थित होता है, तुर्य भोंओं के मध्य में स्थित होता है ॥ १४९ ॥ और तुर्यातीत ब्रह्मरंध्र में परब्रह्म का लक्ष करता है। जब तक जाग्रत वृत्ति से आरंभ कर के ब्रह्मरंध्र के भीतर है ॥ १५० ॥ तब तक यह तुरीय का आत्मा है, तुर्या के अन्त में विष्णु कहलाता है। ध्यान से युक्त होकर अत्यंत निर्मल आकाश में ॥१५१ ॥ करोड़ सूर्य की द्युत वाले हृदय कमल में बैठे हुए नित्य उदय रूप क्षयवा विश्व रूप विष्णु का ध्यान करे ॥१५२॥ अनेक आकारों से युक्त, अनेक मुखों से युक्त, अनेक भुजाओं से युक्त, अनेक आयुधों से मंडित ॥ १५३ ॥ नाना वर्ण वाले, देव रूप शांत, उग्र आयुध उठाये हुए अनेक नेत्र वाले, कोटि सूर्य के समान प्रभा वाले (विश्वरूप विष्णु) का ॥ १५४ ॥ ध्यान करने वाले योगी की सब मन की वृत्तिवां नष्ट हो जाती हैं। हृदय कमल के मध्य स्थित, चैतन्य, ज्योति, अव्यय ॥ १५५ ॥ कदंब के समान गोल आकार वाले, तुर्यातीत, पर से पर, अनन्त, आनन्दमय, चिन्मय, प्रकाशमान, विभु ॥१५६॥ वायु रहित स्थान के दीपक समान आकृत्तिम मणि की प्रभा वाले (निर्मल ब्रह्म) का ध्यान करने वाले योगी के हाथ में ही मुक्ति स्थित है ॥ १५७ ॥ विश्व रूप देव का स्थूल सूक्ष्म अथवा अन्य जो कुछ रूप है उसको हृदय कमल में देख कर ॥१५८॥ जो योगी ध्यान करता है, उसको वह साक्षात् प्रकाशता है और अणिमा

Scanned by CamScanner

आदि का फल सुख से ही उत्पन्न होता है ।। १५९ ।। जीवात्मा और परमात्मा दोनों काही ज्ञान होकर मैं ही परब्रह्म हूँ इस प्रकार स्थित ।।१६०।। समाधि है उसको सब वृत्तियों से रहित होकर जानना चाहिए । जो योगी ब्रह्म को संपादन करता है, वह फिर संसार में नहीं आता ।।१६१।। इस प्रकार तत्त्वों का शोधन करके स्पृहा रहित चित्त वाला योगी, जिस प्रकार इन्धन रहित अग्नि शान्त हो जाती है इसी प्रकार स्वयं शान्त होता है ।। १६२ ।। ग्रहण करने योग्य के अभाव होने पर मन और प्राण निश्चय आत्म ज्ञान युक्त होने से जीव शुद्ध तत्त्व परमात्मा में नमक के डेले के समान लीन हो जाते हैं ।।१६३।। फिर वह मोह जाल के समूह रूप विश्व को स्वप्न के समान देखता है जो स्वभाव से ही पूर्ण निश्चल होकर सुषुप्ति के समान आचार करता है ।।१६४।। वह योगी निर्वाण पद का आश्रय करके कैवल्य को भोगता है, यह उपनिषत् है ।

।। इति त्रिशिखि ब्राह्मण उपनिषत् समाप्त ।।

योग

कलि संतरणोपनिषत् ।

[२७]

द्वापर के अन्त नारद ने ब्रह्मा के पास जाकर कहा "भगवन् पृथ्वी में विचरता हुआ मैं कलियुग को किस तरह तरूं ?" ब्रह्मा ने कहा "तू ने मुझसे अच्छा प्रश्न किया । सब श्रुतियों का जो गुप्त रहस्य है, उसको सुन जिससे तू कलियुग में संसार को तैर जायगा । भगवान् आदि पुरुष नारायण के नाम उच्चारण मात्र से पाप रहित होता है ।" नारद ने फिर पूछा "वे नाम क्या हैं ?" उन हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) ने कहा "हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे । हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ।। १ ।। ये सोलह नाम कलियुग में पाप को नाश करने वाले हैं, सब वेदों में इससे बढ़ कर अन्य कोई उपाय दिखाई नहीं देता ।।२।। ये नाम सोलह कला से ढके हुए जीव के आवरण को नाश करने वाले हैं । पीछे बादल के हट जाने से जैसे सूर्य किरण मण्डल प्रकाशता हैं ऐसे ही परब्रह्म प्रकाशता है ।" फिर नारद ने पूछा "भगवन् इसकी बिधि क्या है ?" ब्रह्मा ने कहा इसकी विधि नहीं हैं ! ब्राह्मण सर्व काल में पवित्र अथवा अपवित्र पढ़ता हुआ सालोकता सामीपता सारूपता और सायुज्यता को प्राप्त होता है । जो इन सोलह को साढ़े

Scanned by CamScanner

तीन करोड़ वार जपता है, वह ब्रह्म हत्या से छूट जाता है, वीर हत्या से छूट जाता है। सुवर्ण की चोरी करने के पाप से पवित्र होता है, पित, देव और मनुष्यों के अपकार से पवित्र होता है, सब धर्मों के परित्याग के पाप से शीघ्र पवित्र हो जाता है, शीघ्र मुक्त होता है ॥ इति उपनिषत् ॥

॥ इति श्री कलि संतरणोपनिषत् समाप्त ॥

वेदान्त

जाबालि उपनिषत् ।

[२८]

भगवान् जाबलिसे पैप्पादिने पूछा "हे भगवन् परम तत्त्व के रहस्य को कहिये ! तत्त्व क्या है ? जीव कौन है ? पशु कौन है ? ईश कौन है ? मोक्षका उपाय क्या है ?" उन्होंने उससे कहा "अच्छा प्रश्न किया, जो कुछ मैंने जाना है, सच कहता हूँ" फिर उसने उससे कहा "आपने कहाँ से जाना है ?" फिर उन्होंने उससे कहा "षडानन से !" फिर उसने उनसे पूछा "उन्होंने कहाँ से जाना था ?" फिर उन्होंने उससे कहा "ईशान से जाना था ।" फिर उसने उससे पूछा "उन्होंने उनसे किस प्रकार जाना था ।" उन्होने उससे कहा "उन्होंने उनकी उपासना करके जाना ।" फिर उसने उनसे कहा "हे भगवन् ! कृपा करके वह सब रहस्य मुझसे कहिये !" उसके प्रश्न करने पर वे सम्पूर्ण तत्त्व का निवेदन करने लगे:—"अहंकार से युक्त पशुपति संसारी जीव है, वह हीं पशु है, सर्वज्ञ पाँच कृत्योंसे युक्त सबका ईश्वर शिव पशुपति है ।" "पशु कौन है ?" फिर उन्होंने उनसे कहा "जीव पशु कहलाते हैं, उनका पति होने से वह पशुपति है ।" फिर उसने उनसे पूछा "जीव पशु किस प्रकार हैं ?" उनका वह पति किस प्रकार है ?" उन्होंने उससे कहा "जैसे घास खाने वाले, विवेक हीन दूसरे के दास, खेती आदि कर्म में नियुक्त, सब दुःखों के

Scanned by CamScanner

सहने वाले अपने मालिक के बंधुआ गौ आदि पशु हैं, ऐसे उनके मालिक के समान सर्वज्ञ ईश पशुपति है।" "उसका ज्ञान किस उपाय से होता है ?" फिर उन्होंने उससे कहा" विभूति धारण करने से" "उसकी विधि किस प्रकार है ? कहाँ कहाँ धारण की जाती है ?" फिर उन्होंने उससे कहा 'सद्योजातादि पाँच ब्रह्म मंत्रों से भस्म ग्रहण करके 'अग्निरितिभस्म' इस मंत्र से अभिमंत्रित करके 'मानस्तोक' इस मन्त्र से धारण करके, जल से गीला करके 'त्रायुष' इस मन्त्र शिर, ललाट, छाती कन्धों में 'त्रायुष और त्रियम्बक' इन मन्त्रों से तीन रेखा करे। यह शुभ व्रत सब वेदों में वेदवासियों से कहा गया है, फिर उत्पन्न न होने के निमित्त मुमुक्षु उसको करे। फिर सनत्कुमार प्रयाण पूछता है। त्रिपुण्ड धारण की नीन प्रकार की रेखा मध्य में ललाट तक, नेत्रों तक और भोंओं तक है। जो उसको प्रथम रेखा है, वह गार्हपत्य अग्नि है, अकार मात्रा है, रजोगुण है, भूलोक है, अपना आत्मा (शरीर) है, क्रिया शक्ति है, ऋग्वेद है, प्रात सवन है और प्रजापति देव उसका देवता है। जो उसकी दूसरी रेखा है वह दक्षिण अग्नि है. उकार मात्रा है, सतोगुण हैं; अन्तरिक्ष लोक है, अन्तरात्मा है, इच्छा शक्ति है, यजुर्वेद है, मध्य दिन सवन है, विष्णुदेव देवता है। जो उसकी तीसरी रेखा है, वह आहवनाय अग्नि है; मकार मात्रा है, तमो गुण है, स्वर्ग लोक है, परमात्मा है, ज्ञान शक्ति है, सामवेद है. तीसरा पहर वनस है, महादेव देवता है। जो विद्वान् ब्रह्मचारी,

गृहस्थ, वानप्रस्थ अथवा यती भस्म से त्रिपुण्ड लगाता है, वह महापातकों और उपपातकों से पवित्र होता है। वह सब देवताओं का ध्यान करने वाला होता है, वह सब तीर्थों में स्नान किया हुआ होता है, वह सब रुद्र मंत्रों का जप करने वाला होता है, वह फिर नहीं लौटता, वह फिर नहीं लौटता।

॥ इति श्री जाबालि उपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

अमृतनाद उपनिषत्

[२९]

बुद्धिमान् पुरुष को शास्त्र का अध्ययन करके तथा बारम्बार अभ्यास करके उसमें से सार रूप परब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् शास्त्र को (पलीता) जलती हुई लकड़ी के समान त्याग देना चाहिये ॥ १ ॥ ॐकार रूपी रथ पर आरूढ़ होकर और विष्णु रूप बुद्धि को सारथी बना कर ब्रह्मलोक प्राप्ति की इच्छा रखने वाले अधिकारियों को रुद्र भगवान् के आराधन में तत्पर होना चाहिये ॥ २ ॥ जब तक वह रथ के मार्ग में रहे तब तक रथ के भीतर बैठा रहे परन्तु जब आत्मा का स्थान आ पहुँचे तब उसको त्याग कर ब्रह्म में लीन हो जाय ॥ ३ ॥ अकार आदि मात्रा का, स्थूलादि शरीर का, विश्वादि पाद का त्याग करके तथा व्यंजन से रहित, स्वर रहित, मकार से सूक्ष्म पद को विद्वाजू प्राप्त होता है ॥ ४ ॥ पाँच शब्दादि विषयों में भटकने वाले अति चंचल मन को आत्मा की रश्मि रूप से चिन्तन करना इसको प्रत्याहार कहते हैं ॥ ५ ॥ प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, तर्क और समाधि इस रीति से योग के छः अंग हैं ॥ ६ ॥ जिस प्रकार पर्वत की धातु में रहने वाला मल अग्नि में तपाने से जल जाता है उसी प्रकार प्राण को रोकने से इन्द्रियों में रहने वाला मल जल जाता है ॥ ७ ॥ प्राणायाम से दोषों को, धारणा से

पाप को प्रत्याहार से संसर्ग को और ध्यान से अनात्म गुणों को जला देवे ॥ ८ ॥ इस प्रकार पाप के नाश होने पश्चात् आत्मा का चिन्तन करे ॥ ९ ॥ वायु का रेचक और पूरक करे इस प्रकार प्राणायाम तीन प्रकार का है, उनको रेचक, पूरक और कुम्भक कहते हैं ॥ १० ॥ व्याहृति और प्रणव सहित तथा शिरोमंत्र सहित गायत्री का तीन बार पाठ करते हुए प्राण का नियमन करना, इसको प्राणायाम कहते हैं ॥ ११ ॥ आधार चक्र में उठाये हुए वायु को एक नासापुट द्वारा बाहर निकाल देना और उदर को संकल्प से रहित, स्थूल प्राणवायु से रहित करना यह रेचक का लक्षण है ॥ १२ ॥ कमल की नाल से जिस प्रकार जल ऊपर खेंचने में आता है, उसी प्रकार बाहर के वायु को भीतर खेंचना यह पूरक का लक्षण है ॥ १३ ॥ ऊपर और नीचे श्वास का न लेना और गात्र को हिलने न देना इस प्रकार का योग करना कुम्भक का लक्षण है ॥ १४ ॥ अंधे के समान न देखना, बहरे के समान शब्द न सुनना और देह को काष्ट के समान देखना यह प्रशान्त का लक्षण है ॥ १५ ॥ मन संकल्पात्मक है ऐसे समझ कर बुद्धिमान् पुरुष उसको आत्मा में लय करे इस प्रकार मन को आत्मा में तल्लीन करना, उसको धारणा करते हैं ॥१६॥ शास्त्रानुकूल ऊहापोह को तर्क कहते हैं। साक्षात्कार होने से समभाव की प्राप्ति होती है, उसको समाधि कहते हैं ॥ १७ ॥ सर्व दोष से रहित सुन्दर भूमि पर दर्भासन बिछावे, मन से रक्षा का संकल्प करके रथ मंडल का जप

Scanned by CamScanner

करे ॥१८॥पश्चात् पद्म, स्वस्ति और भद्रासन आदि किसी भी योगासन से उत्तर की तरफ मुख करके बैठे ॥१९॥ नाक के एक छिद्र को अंगुली से ढांप कर दूसरे छिद्र से वायु को खंचे, अग्नि को नियम में रखकर यानी मूत्र बंध करके शब्द ब्रह्म का चिन्तन करे ॥२०॥ ॐ यह एकाक्षर मंत्र ब्रह्म है ॐ इस अक्षर से रेचन करे, इस प्रकार से दिव्य मंत्रसे पाप नाश होनेके निमित्त अनेक वार किया करे॥२१॥ पश्चात् मंत्र को जानने वाला बुद्धिमान् मनुष्य उपरोक्त क्रम से ध्यान धरे। नाभि के ऊपरके भागके विषे प्रथम स्थूल आदिकका औरतिस पीछे स्थूल सूक्ष्मका ध्यानधरे॥२२॥ टेढ़ी, ऊँची नीची दृष्टि का त्याग करके, स्थिर बैठ कर किंचित् भी हिले चले नहीं, इस प्रकार योगाभ्यास करे ॥२३॥ एक मात्रासे ध्यान होता है चार मात्रासे धारणा तथा बारह मात्रा से योग होता है ऐसा कालानुसारी नियम है ॥२४॥ जो घोष से रहित, व्यंजन से रहित, स्वर से रहित जिनका तालु कंठ और ओष्ठ स्थान नहीं है, जो नासिका के स्थान से रहित है जिनमे रेफ नहीं है, जो दो उष्म प्राण से रहित है ऐसा जो अक्षर ब्रह्म है सो कभी विकार को प्राप्त नहीं होता ॥२५॥ जिस मार्ग से मन गमन करता है उसी मार्ग से प्राण गमन करता है, इस-लिये उस मार्ग से जाने के लिये उसका चिन्तन करे ॥२६॥ हृदय का द्वार, वायु द्वार और मस्तक द्वार अनुक्रम से मोक्ष द्वार सुषिर और ब्रह्म द्वार कहलाते हैं (यही वह मार्ग है) ॥२७॥

भय, क्रोध आलस्य, अति स्वप्न, अति जाग्रत, अति आहार अथवा निराहार रहना ये सब योगियों को त्याग करना चाहिये ॥ २८ ॥ इस विधि से सम्यक् प्रकार से क्रम करके चिंतवन करे, इससे तीन मास के भीतर आपने आप ज्ञान का आविर्भाव होता है ॥ २९ ॥ चार मास के पीछे उसे देवताओं का दर्शन होता है, पांच मास में संसार के क्रम का त्याग और छटे मास में इच्छानुसार कैवल्य को प्राप्त होना है इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं है ॥ ३० ॥ पृथ्वी तत्त्व की धारणा में प्रणव का पांच मात्रा पर्यन्त उच्चारण करे, जल तत्त्व की धारणा में चार मात्रा पर्यन्त प्रणवका उच्चारण करे अग्नि तत्त्वकी धारणा में तीन मात्रा पर्यन्त प्रणव का उच्चारण करे, वायु तत्त्व की धारणा में दो मात्रा पर्यन्त प्रणव का उच्चारण करे ॥ ३१ ॥ आकाश तत्व की धारणा में एक मात्रा पर्यन्त प्रणव का उच्चारण करे और ॐकार का चिन्तवन मात्रा से रहित करे, मन से संधि करके आत्मा में आत्मा का चिन्तवन करे ॥ ३२ ॥

तीन अंगुल माप का प्राण वायु है जो हृदय में इन्द्रियों से प्रतिष्ठित है इसको प्राणवायु कहते हैं और बाहर का प्राण वायु विषय रूप है ॥ ३३ ॥ दिन और रात मिलके मनुष्य के निश्वास एक लाख तेरह हजार एक सौ अस्सी होते हैं ॥ ३४ ॥ आदि प्राण का स्थान हृदय है, अपान का स्थान गुदा है, समान का स्थान नाभि प्रदेश है, उदान का स्थान कण्ठ है। ३५। व्यान वायु सर्व अंग में व्यापक होकर रहता है। अनुक्रम से पांच

Scanned by CamScanner

प्राण पांच वर्ण वाले हैं ॥ ३६ ॥ प्राण वायु मणि समान रक्त वर्ण है, प्राण के मध्य में रहने वाले अपान वायु का बीरबहुट्टी के समान अत्यन्त लाल है ॥ ३७ ॥ प्राण और अपान दोनों के बीच में रहने वाले समान वायु का वर्ण गऊ के दुग्ध समान श्वेत है, उदान वायु का वर्ण सहज फीका है और व्यान वायु का वर्ण ज्वाला के समान कान्ति वाला है ॥ ३८ ॥ जब वायु मण्डल का छेदन करके मस्तक में जाता है उसके पीछे वह मनुष्य चाहे जहाँ मरे, उसका पुनर्जन्म नहीं होता, उसका पुनर्जन्म नहीं होता ॥ ३९ ॥

॥ इति श्री अमृतनाद उपनिषत् समाप्त ॥

योग

मैत्रेयी उपनिषत् ।

[३०]

प्रथम अध्याय ।

वृहद्रथ नाम के राजा ने अपने बड़े पुत्र को राज्य दिया । यह शरीर नाशवान् है ऐसा समझ वैराग्य वृत्ति से अरण्य में गया । वहाँ जाकर उसने परम तप का आरम्भ किया । वह ऊँचे हाथकरके सूर्यके सामने देखा करता था । एक सहस्त्र वर्षके अन्त में राजा के पास एक मुनि आया । यह मुनि बिना धुवें के अग्नि के समान तेज वाला था और तेज से सबको जलाता हो ऐसा दीखता था । वह आत्म ज्ञानी था और उसका नाम शाकायन्य था । उसने राजा से कहा "हे राजन् ! तू खड़ा हो, खड़ा हो, और जो बरदान चाहता हो सो मांग ।" राजा प्रणाम करके कहने लगा "हे भगवन् ! मैं आत्म ज्ञानी नहीं हूँ, और आप तो तत्व ज्ञानी हैं, मैं आपसे श्रवण करने की इच्छा रखता हूँ, आप मुझे उपदेश दीजिये ।" तब मुनि ने कहा "समझने में न आवे, ऐसा यह परम प्रश्न तू मत पूछ जो कुछ बरदान माँगना हो सो मांगले ।" राजा शाकायन्य मुनि के चरण स्पर्श करके यह गाथा कहने लगा ॥१॥

Scanned by CamScanner

"कितनेक बड़े समुद्र सूख जाते हैं, पर्वतों के शिखर टूट जाते हैं, ध्रुव पदार्थ चलायमान होते है, वृक्षों के स्थान पर स्थल हो जाता है, पृथ्वी डूब जाती है, देवता अपने स्थान से भ्रष्ट होते हैं, संसारमें इस प्रकारके काम और भोग किस कामके हैं कि जिसके आश्रय से बार बार आवागमन हुआ करता है? इससे आप मेरा उद्धार करने योग्य हैं, जैसे कूप में जल से ढका हुआ मेंढक हो तैसे मैं इस संसार में पड़ा हूँ, हे भगवन्! आप हमारा उद्धार करने वाले हैं ॥२॥ हे भगवन्! यह शरीर मैथुन से उत्पन्न हुआ है, ज्ञान से रहित है और केवल नरक ही है। मूत्र द्वार से निकला हुआ है, हड्डियों से चिना है, मांस से मढ़ा हुआ है, चर्म से सिया गया है, विष्ठा, मूत्र, वात, पित्त, कफ़, मज्जा, मेद, वसा और अनेक मल से व्याप्त है। इस प्रकार शरीर की स्थिति होने से आप ही हमारी गति रूप हैं" ॥३॥

तब भगवान् शाकायन्य प्रसन्न होकर राजा से कहने लगे "हे महाराज—इक्ष्वाकु वंश में श्रेष्ठ बृहद्रथ! तू आत्मज्ञानी है, कृत कृत्य है, तू मुक्त इस नाम से प्रसिद्ध है, तेरे आत्मा का वर्णन इस प्रकार है:—तू देख कि जो शब्द स्पर्श वाले अर्थ हैं, वे अनर्थ हों इस प्रकार शरीर में स्थिति करके रहते हैं, इन शब्दादि अर्थों में जो आसक्त है, वह भूतात्मा परम पद का स्मरण नहीं कर सकता (१) तप के सामर्थ्य से सत्व की प्राप्ति होती है, सत्व से मन की प्राप्ति है, मन से आत्म प्राप्ति होती है और आत्म साक्षात्कार से पुनरावृत्ति नहीं होती। (२) जैसे

लकड़ी रहित अग्नि अपनी उत्पत्ति विषे लय हो जाता है, तैसे ही वासना का क्षय होने से चित्त अपने कारण में लय हो जाता है (३) जिनका चित्त अपने कारण में लय हो जाता है उनका मन फिर इन्द्रियों के विषयों में मोह को प्राप्त नहीं होता। उन सत्यनिष्ठ पुरुषों के मन की वृत्तियां केवल प्रारब्ध के अनुसार उठती हैं इसलिये वे मिथ्या हैं। (४) यह चित्त ही संसार है, इस का प्रयत्न से शोधन करना चाहिए, जिस प्रकार का चित्त हो पुरुष उसी मय हो जाता है यह सनातन रहस्य है। (५) चित्त के प्रसाद से शुभाशुभ कर्म का नाश होता है और प्रसन्न आत्मा में स्थिति पाकर अव्यय सुख को भोगता है। (६) जिस प्रकार प्राणी का चित्त आसक्ति वाला होकर विषयों में लुब्ध होता है, इसीप्रकार ब्रह्ममें आसक्त हो तो कौन बंधनसे मुक्त न हो (७) हृदय कमलमें परमात्मा का ध्यान करना चाहिए। यह परमात्मा साक्षी रूप है और शुद्ध चित्त वाले को परम प्रेम का विषय है (८) वह मन और वाणी का अविषय है। वह निर्विशेष परमात्मा केवल सत्ता मात्र प्रकाश हो ऐसा एक प्रकाश रूप है और भावना के परे (९) वह हेय और उपादेय से रहित है और सामान्य विशेष भावों से रहित है वह ध्रुव अत्यंत गम्भीर तेज और तम से रहित संकल्प का अभाव रूप आभास से रहित और मोक्ष स्थान रूप है (१०) वह नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्त स्वभाववाला सत्यरूप, सूक्ष्म, विभुरूप, अद्वितीय, आनन्द का सागर रूप, परम रूप, सोहमस्मि इस नाम वाला प्रत्यक् और संशय से रहित है। (११) आनन्द

Scanned by CamScanner

रूप स्वाश्रय में रहने वाला, आशारूपी पिशाचिनी का नाश करने वाला, सब प्रकार के संग से रहित और जगत् को माया रूप देखने वाले ऐसे मुझमें (अज्ञान रूप) आपत्ति किस प्रकार प्रवेश कर सकें ? (१२) वर्णाश्रम और आचार से युक्त अज्ञानी अपने २ कर्म के अनुसार फल प्राप्त करते हैं, जो वर्णादि धर्मों का त्याग करता है वह पुरुष स्वानन्द से तृप्त होता है। (१३) वर्णाश्रम धर्म और अवयव युक्त अपना शरीर आदि और अंत वाला और केवल कष्ट ही देने वाला है। अपनी तथा पुत्रादि की देह में जो अभिमान से रहित होता है, वह सुख करने वाले अनंत में स्थिति करता है।" (१४) ॥ ४ ॥

दूसरा अध्याय।

एक समय मैत्रेय नाम के मुनि कैलाश में गये, वहाँ जाकर महादेव से कहने लगे 'हे भगवन् ! मुझे परम तत्व के रहस्य का उपदेश कीजिये।" महादेव बोले "देह देवालय है और जीव ही शिव रूप हैं। अज्ञानरूपी निर्माल्य का त्याग कर 'सोहं" (वह और मैं एक हूँ) इस प्रकार की भावना से उनका पूजन करना चाहिये ॥ १ ॥ अभेद का साक्षात्कार ज्ञान रूप है, सब प्रकार के विषयों से रहित होना ध्यान है, मन से दोषों का त्याग करना स्नान रूप है और इन्द्रिय निग्रह करना शौच रूप है ॥ २ ॥ ब्रह्म रूप अमृत पीना चाहिये, देह के रक्षण अर्थ ही भिक्षा करना चाहिये और द्वैत से रहित ऐसे एकान्त स्थान में अकेले रहना

चाहिये। इस प्रकार बुद्धिमान् को चलना चाहिये, इस प्रकार करने से मुक्ति होती है ॥ ३ ॥ माता पिता के मल से उत्पन्न मरण धर्म वाला शरीर है ॥ ४ ॥ वह सुख दुख का स्थान रूप है, अपवित्र होने से स्पर्श करके स्नान करना चाहिये। यह देह धातुओं से बना है, रोग वाला है, पाप का आश्रय और अशाश्वत है ॥ ५ ॥ वह विकार और आकार से पूर्ण है, उसका स्पर्श करके स्नान करना चाहिये, इसमें से स्वाभाविक रीति से ही उत्पन्न हुए मलों का नव द्वारों से स्राव हुआ करता है ॥ ६ ॥ वह दुर्गन्धि युक्त मल वाला है, उसको स्पर्श करके स्नान करना चाहिये। माता पिता सूतक में हैं, ऐसे सम्बन्ध सहित ही जन्म है ॥ ७ ॥ मरण अशौच वाला भी देह है, उसका स्पर्श करके स्नान करना चाहिये। यह मैं हूँ और यह मेरा देह है इस रीति के अभिमान वाला शरीर है और विष्ठा, मूत्र, राल आदि दुर्गन्धि का त्याग करने वाला है ॥ ८ ॥ लोकिक रीति से वह मृत्तिका और जल से शुद्ध और पवित्र होता है परन्तु वास्तविक रीति से तो शरीर चित्त की शुद्धि से शुद्ध होता है, तीनों प्रकार की वासनाओं के क्षय से वह शौच होता है, ज्ञानरूपी मृत्तिका और वैराग्यरूपी जल से धोने से देह पवित्र होता है ॥ ९ ॥ अद्वैत भावना भिक्षारूप है और द्वैत भावना भक्षण करने योग्य नहीं है, गुरु और शास्त्र का कथन किया हुआ भाव ही भिक्षुक की भिक्षा कहलाती है ॥ १० ॥ संन्यास ग्रहण करके संन्यासी अपने ईश को स्वतः छोड़ता है, जैसे चोर जेलखाने से छूट कर दूर

Scanned by CamScanner

बसता है ॥ ११ ॥ अहंकाररूपी पुत्र का, संपत्‌रूपी भाई का, मोहरूपी मन्दिर का और आशारूपी पत्नी का जब त्याग करने में आता है, तब अवश्य मुक्त होता है ॥ १२ ॥ जिसकी मोह रूपी माता मर गई है, ज्ञानरूप जिसका पुत्र उत्पन्न हुआ है, जिसको ये दो प्रकार के सूतक प्राप्त हुए हैं, ऐसे मुझको संध्या क्यों करनी चाहिये ॥ १३ ॥ हृदयाकाश में चित्तरूपी सूर्य सर्वदा प्रकाशता है, जो अस्त, उदय से रहित है, तो संध्या को क्यों करना चाहिये ॥ १४ ॥ सब एक और अद्वयरूप है, गुरु के उपदेश से जिसको इस प्रकार निश्चय हुआ है, वह ही एकांत स्थान कहा है, मठ अथवा अन्य वन एकांत नहीं है ॥ १५ ॥ जो संशय भाव रहित है, उसकों मुक्ति है परन्तु जो संशय वाला है, उसको एक जन्म में अथवा अनेकों जन्मों में भी मुक्ति नहीं है, इस कारण विश्वास को प्राप्त करना चाहिये ॥१६॥ कर्म का त्याग यह संन्यास नहीं है, संन्यास की दीक्षा लेने से संन्यास नहीं होता है, जीवात्मा और परमात्मा की एकता होना, यही संन्यास है ॥ १७ ॥ सब प्रकार की एषणायें जिनको वमन किये हुए भोजन के समान हैं और जो देहाभिमान रहित है उसका संन्यास में अधिकार है ॥ १८ ॥ जब मन से सब वस्तुओं में वैराग्य हो तब अधिकारी संन्यास धारण करे नहीं तो वह पतित होता है ॥ १९ ॥ धन की इच्छा से, अन्न और वस्त्र की इच्छा से और प्रतिष्ठा प्राप्त होने के निमित्त जो संन्यास लेता है, वह दोनों लोकों से भ्रष्ट होता है और उसे

मुक्ति की प्राप्ति नहीं होती ॥ २० ॥ तत्त्व का चिंतन उत्तम है, शास्त्र का चिंतन मध्यम है, मंत्र का चिंतन अधम है और तीर्थों का भ्रमण अधम से भी अधम है ॥ २१ ॥ जैसे वृक्ष की शाखा के प्रतिबिम्ब में लगे हुए फल का स्वाद वृथा है तैसे ही मूढ़ को अनुभव बिना ब्रह्मानन्द वृथा है ॥ २२ ॥ जिस यति की मधुकरीरूप माता है, वैराग्यरूप पिता हैं, श्रद्धारूप स्त्री है, ज्ञानरूप पुत्र है, वह मुक्त है, उसको कुछ भी त्यागना न चाहिये ॥ २३ ॥ धन में जो बड़े हैं, वय में जो बड़े हैं, तैसे ही जो विद्या में बड़े हैं, वे सब ही जो ज्ञान में बड़ा है, उसके शिष्य और शिष्य के शिष्यरूप हैं ॥ २४ ॥ जिसका चित्त माया से मूढ़ है और आत्मरूप मुझको पूर्णरूप से जिसने प्राप्त किया वे विद्वान् होते भी कौवे के समान क्षुद्र उदर को पूर्ण करने के लिये ही घूमते हैं ॥ २५ ॥ पाषाण, सुवर्ण, मणि और मृतिका से बनी हुई मूर्ति की बाह्य पूजा मुमुक्षुओं को पुनर्जन्म और भोग को देने वाली है । पुनर्जन्म न हो इसलिये यति को अपने हृदय में ही अर्चन करना चाहिये और बाह्यर्चन का त्याग करना चाहिये ॥ २६ ॥ समुद्र में पानी से भरा हुआ घट भीतर और बाहर से पूर्ण है, तैसे ही आकाश में रहने वाला घट भीतर के भाग में शून्य है और बाहर के भाग में शून्य हैं (वैसा यह है) ॥ २७ ॥ भाव ग्राह्यरूप से तू मत हो, तैसे ही ग्राहक आत्मा-रूप से मत हो, सब भावनाओं का त्याग करके शेषरूप से रहने वाला तू हो ॥ २८ ॥ वासना त्याग के साथ द्रष्टा, दर्शन, दृश्य

Scanned by CamScanner

का त्याग कर, दर्शन के पूर्व द्रष्टा रूप से रहे हुए आत्मा का ही अवलम्बन कर ॥ २९ ॥ सब संकल्प शान्त होने से शिला के समान जो स्थिति है, जो जाग्रत और निद्रावस्था से रहित है, वह ही श्रेष्ठ स्वरूप स्थिति है" ॥ ३० ॥

। तीसरा अध्याय ।

मैं हूँ, पर रूप मैं हूँ, ब्रह्म रूप मैं हूँ, सबका उत्पत्ति स्थान मैं हूँ, सब लोगों का गुरू मैं हूँ, सब लोकों में जो हूँ, वह मैं हूँ, ॥ १ ॥ मैं ही सिद्ध रूप हूं, परम रूप मैं हूँ, शुद्ध रूप मैं हूँ, मैं हमेशा हूँ वह मैं हूं, नित्य हूँ, निर्मल रूप मैं हूँ ॥ २ ॥ विज्ञान रूप मैं हूँ, विशेष रूप मैं हूं, सोम रूप मैं हूँ, सकल रूप मैं हूँ शुभ रूप से मैं हूँ, शोक से रहित रूप से मैं हूँ, चैतन्य रूप मैं हूँ और उत्तम रूप मैं हूँ, ॥ ३ ॥ मैं मान और अपमान से रहित हूँ; मैं निर्गुण हूँ, मैं शिव हूँ, मैं द्वैत और अद्वैत से रहित हूँ, मैं द्वन्द्वों से रहित हूं, और वह मैं आप हूं ॥ ४ ॥ भाव और अभाव से रहित मैं हूँ; वाणी से रहित मैं हूँ, कान्ति रूप से मैं हूँ शून्य और अशून्य के प्रभाव रूप से मैं हूँ और शोभन और अशोभन रूप से मैं हूँ ॥ ५ ॥ तुल्य और अतुल्य से रहित हूँ, नित्य शुद्ध और सदा शिव रूप हूं, सब और सब नहीं, इन दोनों के रहित रूप से, सात्विक रूप से और सदा रूप से मैं हूँ ॥ ६ ॥ एक की संख्या से रहित, दो की संख्या से रहित सद् और असद् रहित रूप

और संकल्प रहित रूप से मैं हूँ ॥ ७ ॥ अनेक आत्मा के भेद रहित रूप से अखंड आनन्द की मूर्ति मैं हूँ, मैं नहीं हूँ, अन्य रूप से मैं नहीं हूँ, देहादिक रहित रूप से मैं हूँ, ॥ ८ ॥ आश्रय और अनाश्रय रहित रूप से आधार रहित रूप से बंध मोक्ष रहित रूप से शुद्ध ब्रह्म रूप मैं हूँ ॥ ९ ॥ चिन्तादि सब से रहित, परम रूप, परात्पर रूप, सदा विचार रूप, विचार रहित रूप हूं, सो मैं हूँ ॥ १० ॥ मैं ही सनातन, अकार, उकार और मकार रूप हूँ, ध्याता, ध्यान और ध्येय रहित रूप मैं हूं, ॥ ११ ॥ संपूर्ण रूप सच्चिदानन्द लक्षण रूप सब तीर्थों के स्वरूप परमात्मा रूप और शिव रूप मैं हूँ ॥ १२ ॥ लक्ष्य और अलक्ष्य रहित रूप से अखंड रस रूप माता, मान और मेय रहित रूप से शिव रूप मैं हूँ ॥ १३ ॥ मैं जगत् रूप नहीं हूँ, सबका द्रष्टा रूप, नेत्रादि रहित रूप से बृद्ध रूप, ज्ञान रूप, प्रसन्न रूप और पर रूप हूँ ॥ १४ ॥ सब इन्द्रिय से रहित हूं, सब कर्मों का कर्ता भीं मैं हूँ, सब वेदान्त से तृप्त और सुलभ रूप से मैं हूँ ॥ १५ ॥ मुदित और प्रमुदित रूप, सब मौन के फल रूप और सदा नित्य चिन्मय रूप मैं हूँ ॥ १६ ॥ जो कुछ है उतसे हीन रूप से, स्वल्प रूप से, चिन्मात्र रूप और चिन्मय हृदय ग्रन्थि रहित रूप से और हृदय कमल के मध्य में रहने वाला मैं हूँ ॥ १७ ॥ छः विकारों से रहित, छः कोशों से रहित, छः शत्रुओं से रहित, भीतर से भी विशेष भीतर मैं हूँ ॥ १८ ॥ देश काल से रहित, दिशा रूपी वस्त्रों से सुखी ऐसा मैं हूँ, मेरे सिवाय अन्य कुछ नहीं है, मैं विमुक्त हूँ और नकार से रहित

Scanned by CamScanner

है ॥ १६ ॥ अखंडाकाश रूप, अखंडाकाश रूप, प्रपंच से मुक्त चित्त वाला और प्रपंच से रहित हूँ ॥ २० ॥ सर्व प्रकाश रूप, चिन्मात्र ज्योति रूप, तीनों काल से रहित और कामादि से रहित मैं हूँ ॥ २१ ॥ शरीरादिक के दोषों से रहित, निर्गुण मात्र एक रूप, मुक्ति से रहित मुक्त रूप और मोक्ष रहित मैं सर्वदा हूँ ॥ २२ ॥ सत्य और असत्यादि से रहित, हमेशा केवल सद्भाव से नहीं हूँ, जाने योग्य स्थानसे रहित, गमनादि से रहित हूँ ॥ २३ ॥ मैं हमेशा सम रूप, शांत रूप, पुरुषोतम हूँ, ऐसा जिसका स्वानुभव है वह मैं हूँ, इसमें संशय नहीं है ॥ २४ ॥ जो कोई एक वार भी यह सुनता है, वह आप ब्रह्म रूप हो जाता है, ऐसा उपनिषत् विद्या कहती है ॥ २५ ॥

॥ इति मैत्रेयी उपनिषत् समाप्त ॥।



नाद बिन्दु उपनिषत् ।

[३१]

ॐकार को अकार दांई पंख है, उकार बांई पंख है, मकार पुच्छ है और अर्ध मात्रा शिर है ॥१॥ गुण उसके पाद आदिक हैं तत्व उसका शरीर है और धर्म अधर्म उसकी दांई बांई आंखें हैं ॥२॥ पैर में भूः लोक है, घोंटू में अंतरिक्ष है, कटि में स्वर्ग-लोक है, और नाभि में महर्लोक है ॥३॥ हृदय में जनलोक है, कंठ में तपलोक है और भ्रू और ललाट के मध्य में सत्यलोक है ॥४॥ वह हजारों मंत्रों से प्रकट 'सहस्राहन्यं·····:·····।' इस श्रुति में इस प्रणव मंत्र का वर्णन किया गया है। हंसयोग में पारंगत पुरुष प्रणव की इस प्रकार उपासना करता है ॥५॥ तव सैकड़ों और करोड़ों पाप कर्म भी उसमें प्रवेश नहीं कर सकते अर्थात् उसके सब पाप नष्ट होजाते हैं।

अग्नि प्रथम की अकार मात्रा हैं, वायु दूसरी उकार मात्रा है ॥ ६ ॥ सूर्य देव तीसरी मकार मात्रा है और वरुण चौथी और सबसे श्रेष्ठ अर्ध मात्रा है उसे बुद्धिमान् मनुष्य जाने ॥ ७ ॥ ये चारों मात्रा काल भेद से एक २ की तीन २ होकर बारह होती हैं, इस ॐ का व्याख्यान धारणा के निमित्त करते हैं ॥ ८ ॥ प्रथम घोषिणी मात्रा, दूसरी विद्या मात्रा (विधुन्माली), तीसरी

Scanned by CamScanner

पतंगिनी और चौथी मात्रा वायु वेगिनी ॥ ९ ॥ पांचवी मात्रा नामधेया, छठीऐन्द्रि, सातवीं वैष्णवी और आठवीं शांकरी ॥१०॥ नवमी महति, दशवीं धृति, ग्यारहवीं नारी और बारहवीं ब्राह्मी ॥ ११ ॥ प्रथम मात्रा में जिसका प्राण छूटता है, वह भारतवर्ष का सार्वभौम राजा होता है ॥ १२ ॥ दूसरी मात्रा में जिसका प्राण छूटता है, वह महात्म्य वाला यक्ष होता है, तीसरी मात्रा में जिसका प्राण छूटता है, वह विद्याधर होता है और चौथी मात्रा में जिसका प्राण छूटता है वह गंधर्व होता है ॥ १३॥ पांचवीं मात्रा में जिसका प्राण छूटता है वह सोमलोक में देवत्व को प्राप्त होता है ॥ १४ ॥ छठी मात्रा में जिसका प्राण छूटता है वह इन्द्रके साथ सायुज्यपने को प्राप्त होता है जिसका प्राण सातवीं मात्रा में छूटता है, उसे विष्णु लोक की प्राप्ति होती है और जब आठवीं मात्रा में मृत्यु होता है तब रुद्र के साथ रुद्र लोक को प्राप्त होता है ॥ १५ ॥ नवमी मात्रा में मरण होता है तब महलोंक को प्राप्त होता है, दशवीं मात्रा में मृत्यु होने से जनलोक को प्राप्त होता है, एकादश मात्रा में मृत्यु होने से तपलोक को प्राप्त होता है और बारहवीं मात्रा में प्राण का वियोग होने से साक्षात् ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥ १६ ॥

ब्रह्म शुद्ध, व्यापक, निर्मल और शिवरूप और प्रकाशरूप है, इस ब्रह्म में से ज्योतियों की उत्पत्ति होती है ॥ १७ ॥ जब मन अतीन्द्रिय और गुणातीत होकर उसका लय होता है तब वह उपमा रहित शांत, योगयुक्त शिवमें टिकता है ॥ १८ ॥ वह जीव

शिव में तन्मय होकर होकर, त्वरित शरीर को छोड़ता है तब सर्व संग से रहित होकर योग मार्ग से चलता है ॥ १९ ॥ तब उसके सब बंधन टूट जाते हैं, विमल होकर कमलापति होता है और ब्रह्म भाव से परमानन्द की प्राप्ति होती है ॥ २० ॥

आत्मा को सतत जानते हुए बुद्धिमान् काल व्यतीत करे और सर्व उद्वेग रहित प्रारब्ध को भोग लेता है ॥ २१ ॥ तत्त्व विज्ञान होने पर भी प्रारब्ध छूटता नहीं है परन्तु तत्त्व ज्ञान के पीछे प्रारब्ध दीखता नहीं है ॥२२॥ जैसे स्वप्न के पदार्थ जानने पर मिथ्या होते है वैसे देहादि मिथ्या हैं, ऐसे ही जन्मान्तर में किये हुए कर्मों का जो बोध होता है उसे प्रारब्ध कहते है ॥ २३ ॥ जैसे स्वप्न के अध्यास में किये हुए कर्मो का स्थूल देह से संबंध नहीं है इसी प्रकार जन्मान्तर के किये हुए कर्मों से पुरुष का भाव नहीं होता ॥ २४ ॥ अध्यस्त का जन्म कहां और जन्म के अभाव से स्थिति कहां ? बरतनों के उपादान कारण मृत्तिका के समान सब प्रपंचके उपादान को देखता है ॥ २५ ॥ सब कुछ अज्ञान ही है, जब ऐसा वेदान्त से जाना और जान कर अज्ञान चला गया, तब विश्व कहां है ! जैसे रस्सी के अबोध से सर्प को भ्रम से ग्रहण करता है ॥ २६ ॥ इसी प्रकार सत्य को न जानने से मूढ मनुष्य जगत को देखते हैं, रस्सी के जानने से सर्प का रूप कहीं नहीं दीखता ॥ २७ ॥ अधिष्ठान के जानने से जब प्रपंच शून्य हो जाता है तब प्रपंच की देह और प्रारब्ध की स्थिति कहां ? ॥ २८ ॥ अज्ञानी मनुष्यों के बोध के निमित्त

Scanned by CamScanner

प्रारब्ध का कथन किया है। काल पाकर प्रारब्ध का क्षय होता है तब ॥ २९ ॥ ब्रह्म-प्रणव संधान से जैसे बादल हट जाने से सूर्य का आविर्भाव होता है, ऐसे ही अज्ञान के निवृत्त होने से नाद ज्योति रूप मंगलकारी आत्मा का स्वयं आविर्भाव हो जाता है ॥ ३० ॥ योगी को सिद्धासन से बैठ कर वैष्णवी मुद्रा का अनुसन्धान करना चाहिये और दहिने कर्ण में सदा होने वाले भीतर के नाद को सुनना चाहिये ॥ ३१ ॥ नाद का अभ्यास करने से बाहर की ध्वनि का रोध होता है। अनुकूल नाद से प्रतिकूल नादों को जीत कर तुर्य पद को प्राप्त होता है ॥ ३२ ॥ प्रथम सुनने वाले को अनेक प्रकार के महान् नाद सुनने में आते हैं, जैसे २ अभ्यास बढ़ता जाता है तैसे २ सूक्ष्म से सूक्ष्म सुना जाता है ॥ ३३ ॥

प्रथम समुद्र, बादल भेरी और झरने के समान शब्द, मध्य में मृदंग का शब्द, घन्टे का शब्द ॥ ३४ ॥ अन्त में किंकिणी, बांसरी वीणा और भ्रमर का शब्द होता है। ऐसे अनेक प्रकार के सूक्ष्म से सूक्ष्म नाद सुनाई देते हैं ॥ ३५ ॥ स्थूल नाद सुनने से बड़े भेरी आदिक के समान नाद होता है, वही सूक्ष्म से सूक्ष्म नाद का ध्यान करे ॥ ३६ ॥ बड़े को छोड़ कर सूक्ष्म में और सूक्ष्म को छोड़ कर बड़े में रमण करने से चंचल मन और कहीं नहीं जाता ॥ ३७ ॥ प्रथम जिस किसी नादमें मन लग जाय उसी में स्थिर करने से मन उसमें लय को प्राप्त हो जाता है ॥ ३८ ॥ बाहर के सब पदार्थों भूल कर दूध में जल के

समान मन नाद में मिल कर-एक रूप होकर सहज ही चिदाकाश में लीन हो जाता है ॥ ३९ ॥ इसलिये संयम करने वाले अभ्यासी को बाह्य पदार्थों में उदासीन होकर उन्मनी भाव को उत्पन्न करने वाले नाद का शीघ्र ही अभ्यास करना चाहिये ॥४०॥ सब चिंताओं को छोड़ कर, सब क्रियाओं से रहित होकर एक नाद का ही अनुसंधान करने से चित्त उसी में लय हो जाता है ॥ ४१॥ जिस प्रकार भ्रमर रस को पीता है, गन्ध की अपेक्षा नहीं करता इसी प्रकार नाद में आसक्त हुआ चित्त विषयों की इच्छा नहीं करता ॥ ४२ ॥ जिस प्रकार नाद के ग्रहण से सर्प चंचलता को छोड़ देता है इसी प्रकार नाद में बद्ध हुआ चित्त रूप अन्तःकरण में रहने वाला सर्प ॥ ४३ ॥ एकाग्र होकर जगत को भूल जाता है फिर कहीं भी नहीं जाता। मनरूप मदोन्मत्त हाथी जो विषय रूप वन में घूमा करता था, ॥ ४४ ॥ उसके नियमन करने में समर्थ यह नाद ही पैने अंकुश के समान है, मन रूप हरिन के बांधने को नाद रूप जाल है ॥ ४५ ॥ आन्तर समुद्र के रोकने के लिये ज्योति स्वरूप ब्रह्म-प्रणव में संलग्न नाद ही किनारा है ॥ ४६ ॥ जहां मन लय को प्राप्त होता है वह विष्णु का परम पद है। जब तक शब्द की प्रवृत्ति होती है तब तक आकाश की कल्पना है ॥ ४७ ॥ जब रहित होता है तब परब्रह्म में समन होता है, जब तक मन है तब तक नाद है नाद के अंत में मनोन्मनी होती है ॥ ४८ ॥ जब शब्द अक्षर में क्षीण हो जाता है तब निशब्द रूप परम पद ही रहता है, हमेशा नाद

Scanned by CamScanner

का अनुसंधान करने से वासना का क्षय होता है ॥ ४६ ॥ जहां मन रूप वायु का निसंशय निरंजन में लय होता है, वहां हजारों करोड़ नाद और सैकड़ों करोड़ बिन्दु ॥ ५० ॥ सबका ब्रह्म प्रणव रूप नाद में लय हो जाता है, तब सब अवस्थाओं से और सब चिंताओं से रहित होता है ॥ ५१ ॥ जो योगी मरे हुए के समान टिकता है, उसकी मुक्ति में संशय नहीं है, वह शंख अथवा दुन्दुभी का नाद कभी नहीं सुनता ॥ ५२ ॥ स्थिरता वाली उन्मनी अवस्था में शरीर काठ के समान जड़ होजाता है, वह (योगी) शीतोष्ण, सुख दुःख को नहीं जानता ॥ ५३ ॥ समाधी में मान अपमान नहीं होता चित्तहीन होने से योगी तीनों अवस्थाओं को नहीं प्राप्त होता ॥ ५४ ॥ जाग्रत और निद्रा से रहित स्वस्वरूप में टिक जाता है ॥ ५५ ॥ दृश्य बिना उसकी दृष्टि स्थिर होती है, प्रयत्न बिना वायु स्थिर होता है अवलम्बन बिना चित्त स्थिर होता है, यह ही आंतर नाद रूप ब्रह्मपना है ॥ ५६ ॥

॥ इति नाद बिन्दु उपनिषत् समाप्त ॥

अद्वय तारकोपनिषत्

[३२]

अब हम यति, जितेन्द्रिय और शम दम आदि षट् गुणों से पूर्ण पुरुषों के लिये अद्वय तारक उपनिषत् का व्याख्यान करते हैं। 'मैं चित् स्वरूप हूँ' इस प्रकार हमेशा भाव करता हुआ, आंखों को ठीक २ बन्द रख कर अथवा कुछ खुली रख कर अंतर दृष्टि से भृकुटी के ऊपर के आकाश में सच्चिदानन्द तेज समूहरूप परब्रह्म का अवलोकन करते हुए परब्रह्म रूप होजाता है। परब्रह्म को तारक कहने का कारण यह है कि वह गर्भ, जन्म, बुढ़ापा, मरण और संसार इन महाभयों से तारण करता है। जीव और ईश्वर को मायिक जान कर सब विशेष भावों का 'वह नहीं, वह नहीं' इस प्रकार जो त्याग करने से जो अवशेष रहता है, वह अद्वय ब्रह्म है। इस ब्रह्म की सिद्धि के लिए तीन लक्ष्य का अनुसंधान करना चाहिये। देह के मध्य भाग में सुषुम्ना नाम की ब्रह्म नाड़ी सूर्य के समान रूप वाली और पूर्ण चन्द्र के समान प्रकाश वाली वर्तती है वह मूलाधार से आरम्भ होकर ब्रह्मरन्ध्र तक गई हुई है। इस ब्रह्म नाड़ी के मध्य में करोड़ों बिजली के समान प्रकाश वाली कमल के तंतु के समान सूक्ष्म अंग वाली कुंडलनी प्रसिद्ध है। मन से इसका दर्शन

Scanned by CamScanner

करने से मनुष्य सब पापों से रहित होकर मुक्त हो जाता है। तारक ब्रह्म के योग से कपाल के उर्ध्व में रहे हुए ललाट के विशेष भाग में तेज के विस्फुलिंगों को जो हमेशा देखता है, वह सिद्ध होता है। तर्जनी अंगुली के अग्रभाग से दोनों कानों के छिद्रों को बन्द करने से फुत्कार शब्द उत्पन्न होता है। जब मन उसमें स्थिति करता है तब चक्षुओं के मध्य भाग में नील ज्योति स्थान को अंतर्दृष्टि से देखने से योगी निरतिशय सुख को प्राप्त होता है इसी प्रकार हृदयमें भी देखता है। इस प्रकार अंतर्लक्ष्य के लक्षण की मुमुक्षुओं को उपासना करनी चाहिये।

अब बहिर्लक्ष्य को कहते हैं:—नासिका के अग्र भाग में कम से चार छः दस अथवा बारह अंगुल की दूरी से कुछ नील श्यामता लिये हुए रक्त भृंग के समान प्रकाश जो पीत शुक्ल वर्ण से युक्त है जब उसको आकाश में देखता है तब वह योगी होता है। चल दृष्टि से आकाश में देखने वाले पुरुष की दृष्टि के आगे ज्योति के किरण वर्तते हैं उनके देखने से योगी होता है। अथवा नेत्र के कोण प्रदेश में तप्त सुवर्ण के समान ज्योति के किरणों को जब दृष्टि देखती है तब वह स्थिर हो जाती है। मस्तक के ऊपर बारह अंगुल पर ज्योति को देखने वाला अमृत भाव को प्राप्त होता है। चाहे जहां स्थित हो जो मस्तक में आकाश ज्योति को देखता है वह योगी होता है।

अब मध्य लक्ष्य का लक्षण कहते हैं:—प्रातःकाल चित्रादि वर्ण वाले अखण्ड सूर्य के चक्र के समान, अग्नि के ज्वाला के समान और उनसे रहित अन्तरिक्ष के समान देखता है, उनके आकार के समान होकर टिकता है, उसके फिर दर्शन से गुण रहित आकाश हो जाता है। चमकने वाले तार के प्रकाश से प्रकाशमान, प्रातःकाल के अन्धकार के समान परम आकाश होता है। कालानल के समान प्रकाश वाला महाकाश होता है। सर्व से उत्कृष्ट प्रकाश वाला, प्रबल ज्योति तत्त्वाकाश होता है। कोटि सूर्य के प्रकाश के वैभव के समान सूर्याकाश है। इस प्रकार बाहर और भीतर टिका हुआ आकाशपञ्चक तारक का लक्ष्य है। उसको देखने वाला, कर्म बंधन से मुक्त होकर उसी आकाश के समान हो जाता है। इस कारण तारक का लक्ष्य ही अमनस्क फल का देने वाला होता है। यह योग दो प्रकार का है:—पूर्वार्ध तारक और अमनस्क-उत्तरार्ध तारक। इसमें यह श्लोक है:—पूर्व और उत्तर विधान करके इस योग को दो प्रकार का जानो। पूर्व को तारक और दूसरे को अमनस्क जानो। नेत्रों में रहे हुए तारकों से सूर्य और चन्द्र के प्रतिबिम्ब दीखते हैं। तारकों से जैसे ब्रह्माण्ड में सूर्य और चन्द्र मण्डल का दर्शन होता है वैसे ही ब्रह्माण्ड के समान पिण्ड में शिर के मध्य भाग के स्थान में सूर्य और चन्द्र मण्डल दोनों हैं, ऐसा निश्चय करके उनका दर्शन करना चाहिये। दोनों एक ही है ऐसी दृष्टि रखकर मन को युक्त करके ध्यान करे; क्योंकि मनोयोग न

Scanned by CamScanner

होने से इन्द्रियों की प्रवृत्ति को अवकाश मिलता है। इसलिये अन्तर दृष्टि से तारक ही का अनुसन्धान करना चाहिये।

यह तारक दो प्रकार का है:— मूर्ति तारक और अमूर्ति तारक जो इन्द्रियों के अन्त में है, वह मूर्ति तारक है। जो दोनों भृकुटियों से अतीत है, वह अमूर्ति तारक है। अन्तर के पदार्थों के विवेचन में सर्वत्र मन सहित अभ्यास करना चाहिये। सत्व के दर्शन से युक्त मन से अन्तर में देखने से दोनों तारकों से ऊर्ध्व में टिका हुआ सच्चिदानन्द ब्रह्म ही है। इससे सिद्ध होता है कि ब्रह्म शुक्ल तेजोमय है। वह ब्रह्म मन सहित नेत्रों की आंतर दृष्टिसे जाना जाता है। इसी प्रकार अमूर्ति तारक दहरादिक भी मन युक्त नेत्रों से जाना जाता है रूप के देखने में मन चक्षुओं के आधीन होने से बाहर के समान अन्तर में भी मन और चक्षु के संयोग से रूप ग्रहण का कार्य होता है इसी कारण मन सहित आंतर दृष्टि से तारक का प्रकाश होता है। दोनों भृकुटियों के मध्य बिल में दृष्टि देने से उनके द्वार के ऊर्ध्व में टिके हुए तेज का आविर्भाव तारक योग है। उसके सहित युक्त मन से तारक की भली प्रकार प्रयत्न पूर्वक योजना करके सावधानी से दोनों भृकुटियों को कुछ ऊर्ध्व में रक्खे। यह पूर्व भागी तारक योग है। दूसरा अमूर्तिमान अमनस्क कहलाता है। तालू के मूल के ऊपर के भाग में महा ज्योति मण्डल होता है। यह योगियों का ध्येय है। इससे अणिमादिक सिद्धियां प्राप्त होती हैं। अन्तर और बाह्य लक्ष्य वाली दृष्टि जब खुलने और

बंद होने से रहित होती है तब शांभवी मुद्रा होती हैं। इस मुद्रा में आरूढ़ ज्ञानी जहां निवास करता है, वह भूमि पवित्र होती है। उसके दर्शन से सब लोग पवित्र होते हैं। इस प्रकार के परम योगी की पूजा करनेवाला मुक्त होता है और आंतर लक्ष्य जल (द्रव रूप) ज्योति स्वरूप होता है। परमगुरुके उपदेशसे सहस्रारमें जल ज्योति अथवा बुद्धि की गुहा में रही हुई ज्योति अथवा सोलह (कला) के अन्त में स्थित तुरीय चैतन्य अन्तर्लक्ष्य होता है। यह दर्शन सदाचार का मूल है। आचार्य वेद सम्पन्न, विष्णभक्त, मत्सर रहित योग का ज्ञाता, योग की निष्ठा वाला, योग स्वरूप पवित्र गुरु भक्ति से युक्त, विशेष रूप से पुरुष को जानने वाला। इन लक्षणों से सम्पन्न गुरु कहलाता है। गु शब्द अंधकार है और रु शब्द उसका रोकने वाला है। अन्धकार को रोकने से गुरु कहलाता है। गुरु ही परब्रह्म है, गुरु ही परमगति है। गुरु ही पराविद्या है, गुरु ही श्रेष्ठ गति है। गुरु ही पराकाष्ठा है, गुरु ही परम धन है क्योंकि वह उपदेश करने वाला है इसलिये श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ गुरु है। एक बार जो इसका उच्चारण करता है, उनका संसार छूट जाता है। सब जन्मों के किए हुए पाप उसी क्षण नष्ट हो जाते है। उसकी सब कामनायें पूर्ण होती है सब पुरुषार्थ सिद्ध होजाता है, जो इस प्रकार जानता है। यह उपनिषत् है।

॥ इति अद्वय तारकोपनिषत् समाप्त ॥

योग

Scanned by CamScanner

निर्वाणोपनिषत् ।

[३३]

अब हम निर्वाणोपनिषत् की व्याख्या करते हैं। वह मैं परमहंस हूँ। परिव्राजक, पश्चिम लिंग वाले यानी संन्यास चिन्ह धारी होते हैं। वे निरहंकार शिवरूप हैं। आकाश सिद्धान्त है अमृत की बड़ी लहरों वाली नदी है। अक्षय निरञ्जन है। निःसंशय ऋषि है। निर्वाण देवता है। कुल रहित प्रवृत्ति है। निष्केवल ज्ञान है ऊर्ध्व वेद है। निरालम्ब पीठ है। ब्रह्म संयोग दीक्षा है। प्रपंच का वियोग उपदेश है और सन्तोष का पान दीक्षा है। बारह आदित्य का अवलोकन—देखना है। विवेक रक्षा है। करुणा की क्रीड़ा है। आनन्द माला है। एकान्त गुहा में मुक्तासन से बैठना सुख गोष्ठी—सभा है। अकल्पित भिक्षा भोजन है। हंस आचार है। सब भूतों के अन्तर वर्तने वाला हंस है, यह प्रतिपादन है। धैर्य कंथा है। उदासीनता कौपीन है। विचार दण्ड है। ब्रह्म का अवलोकन करना योगपट्ट है। श्री खड़ाऊँ है। दूसरे की इच्छा चरण है। कुण्डलिनी बंध रूप है। परभाव से मुक्त जीवन्मुक्त है। कल्याण योग निद्रा है और खेचरी आकाश में गमन करने वाली मुद्रा है। जो परमानन्दी है। तीनों गुणों से रहित है। विवेक से प्राप्त होने योग्य हैं। मन वाणी का विषय नहीं है। अनित्य

जगत जो उत्पन्न हुआ है, स्वप्न के जगत, बादल के हाथी आदि के समान है। इसी प्रकार देहादि संघात मोह और गुण का बना हुआ जाल रस्सी में सर्प के संतान कल्पित है। विष्णु ब्रह्मा आदि सैंकड़ों नाम से लक्ष्य है। अंकुश मार्ग है। शून्य संकेत नहीं है। परमेश्वर सत्ता है। सत्य सिद्ध योग मठ है। अमर पद तत्व स्वरूप है। आदि ब्रह्म स्वसंवित् है। अजपा गायत्री है। विकार को दण्ड देना ध्येय है। मन को रोकना कंथा है। योग करके सदानन्द स्वरूप का दर्शन है। आनन्द भिक्षा भोजन है। महा शमशान में भी आनन्द वन में निवास है। एकान्त स्थान है। आनन्द मठ है। उन्मनी अवस्था है शारदा चेष्टा है। उन्मनी गति है। निर्मल गात्र है। निरालम्ब पीठ है। अमृत की लहरें आनन्द क्रिया है। शुद्ध चिदाकाश महा सिद्धान्त है। शम दमादि दिव्य शक्तियों के आचरण में देह की तथा मन की आरोग्यता है। पर और अन्तर का संयोग है। तारक उपदेश है। अद्वैत सदानन्द देवता है। अपने भीतर की इन्द्रियों का निग्रह नियम है। भय, मोह, शोक और क्रोध का त्याग त्यांग है। पर और अवर की एकता रसास्वाद है अनियामकपना निर्मल शक्ति है। स्वप्रकाश ब्रह्म तत्व में शिव शक्ति का मेल रूप प्रपंच का छेदन है। तीनों देह कमण्डलु है भाव, अभाव का दहन है। आकाश के आधार रूप ब्रह्म को धारण करता है। तुरीय शिव यज्ञोपवीत है। तन्मय शिखा है। चिन्मय सृष्टि दण्ड है। अखंड ज्ञान कमंडलु है।

Scanned by CamScanner

कर्म का निर्मूल करना कंथा है। माया, ममता और अहंकार का दहन करना। (शुद्ध चैतन्य में) निर्विकार है। तीनों गुण रहित स्वरूप का अनुसंधान करना समय है। भ्रान्ति का हरण। कामादि वृत्ति का दहन करना। दृढ़ कठिनता कौपीन है। वस्त्र मृगचर्म वास है। अनाहत मन्त्र है। अक्रियसे उसका सेवन होता है। स्वेच्छाचार, स्वस्वभाव, मोक्ष परब्रह्म है। नौका रूप आचरण है। शान्तिका संग्रह करना ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य आश्रम में अध्ययन किये हुए, वानप्रस्थ में अध्ययन किये हुए, इस सब संवित् का त्याग संन्यास है। अन्त में ब्रह्म अखण्डाकार है। सब संदेह का नाश रूप ज्ञान नित्य है। इस निर्वाण दर्शन को शिष्य और पुत्र के सिवाय और किसी को न देना चाहिये, यह उपनिषत् है। ॐ वाणी और मन में शान्ति हो। यह निर्वाणोपनिषत् समाप्त हुआ।

॥ इति निर्वाणोपनिषत् समाप्त ॥

ध्यान विन्दु उपनिषत्

[३४]

यदि पर्वत के समान अनेक योजन विस्तार वाले पाप हों तो भी ध्यान योग से छेदन हो जाते हैं, इसके सिवाय दूसरे से कभी भी उनका छेदन नहीं होता ॥ १ ॥ बीजाक्षर परम विन्दु हैं, और उसके ऊपर नाद स्थित है, वह शब्द अक्षर में लीन होने पर शब्द रहित परम पद है ॥ २ ॥ अनाहत शब्द से परे जो शब्द है उसे प्राप्त करने से योगी संशय रहित होता है ॥ ३ ॥ बाल के अग्र भाग के सौवें भाग का हजारवां भाग और उसके अर्ध भाग और उसको अर्ध भाग का भी क्षय हो जाने से निरंजन होता है ॥ ४ ॥ जिस प्रकार पुष्प में गन्ध होता है, दूध में घी होता है, तिलों में तेल होता है और पाषाण में सुवर्ण होता है ॥ ५ ॥ जिस प्रकार धागे में मणि पिरोये हुए होते हैं इसी प्रकार उस (निरंजन) में सब भूत प्राणी पिरोये हुए हैं। स्थिर बुद्धि वाला ज्ञानी मोह रहित होकर ब्रह्म को जान कर ब्रह्म में टिका हुआ होता है ॥ ६ ॥ जैसे तेल का आश्रय तिल है और जैसे गंध का आश्रय पुष्प है इसी प्रकार पुरुष के शरीर में भीतर और बाहर वह (ब्रह्म) टिका हुआ है ॥ ७ ॥ जैसे वृक्ष को संपूर्ण जानने से उसकी छाया कला रहित होती है इसी प्रकार सब कला रहित भाव में सब स्थानों पर आत्मा टिका हुआ है ॥ ८ ॥ ॐ यह जो

Scanned by CamScanner

एकाक्षर ब्रह्म है, वह सब मुमुक्षुओं को ध्यान करने योग्य है। पृथिवी अग्नि, ऋग्वेद, भू और पितामह ॥ ९ ॥ इनका प्रणव के प्रथम अंश अकार में लय होता है। अंतरिक्ष, वायु, यजुर्वेद, भुवः और विष्णु जनार्दन ॥ १० ॥ इनका प्रणवके दूसरे अंश उकार में लय होता है। आकाश, सूर्य सामवेद स्वः और महेश्वर ॥ ११ ॥ इनका प्रणव के तीसरे अंश मकार में लय होता है। अकार पीत वर्ण, रजोगुण वाला कहा जाता है ॥१२॥ उकार सतोगुणी श्वेत है, मकार तमोगुणी और काले रंग वाला है। आठ अंग वाले चार पाद वाले, तीन नेत्र वाले और पांच प्रकार के दैवत वाले ॥ १३ ॥ ॐकारको जो नहीं जानता, वह ब्राह्मण नहीं कहा जा सकता है। प्रणव धनुष है, आत्मा बाण है और ब्रह्म उसका लक्ष्य कहा जाता है ॥ १४ ॥ बाण के समान तन्मय होकर सावधानी से वेधन करे। उस पर अवरको जानने से सब क्रियाओं की निवृत्ति होजाती है ॥ १५ ॥ ॐकार से देवता हुए हैं, ॐकार से स्वर हुए हैं, ॐकार से सब चर अचर रूप तीनों लोक उत्पन्न हुए हैं ॥ १६ ॥ लघु पाप को नाश करता है, दीर्घ अव्यय रूप संपत्ति को देता है और अर्ध मात्रा से युक्त प्रणव मोक्ष को देने वाला है ॥ १७ ॥ तैल की अखंडित धार के समान, घंटे के दीर्घ नाद के समान नादके अग्र में अवाच्य रूप प्रणव है, जो उसे जानता है वह वेद को जानता है ॥ १८ ॥ हृदय कमल की कर्णिका में स्थिर दीपक की शिखा की आकृति वाले, अंगुष्ट प्रमाण वाले, स्थिर ॐकार रूप ईश्वर का

ध्यान करे ॥१९॥ इड़ा नाड़ी से वायु को खेंच कर उदर में भरे और देह के मध्य में ज्वाला युक्त ॐकार का ध्यान करे ॥२०॥ पूरक ब्रह्मा और कुम्भक विष्णु कहा जाता है, रेचक रुद्र कहा जाता है; ये प्राणायाम के देवता हैं ॥२१॥ आत्मा को नीचे की अरणी और प्रणव को ऊपर की अरणी करके मंथन रूप ध्यान के अभ्यास से गूढ़ तत्त्व को देखना चाहिये ॥२२॥ ॐकार ध्वनि करते हुए पूर्ण रेचक होजाने पर नाद का लय भी हो जाता है वहीं आत्मा का दर्शन है। जितना सामर्थ्य हो उतना उसका ध्यान करना चाहिये ॥२३॥ गमनागमन में स्थित और गमनादि से शून्य है, ऐसे करोड़ों सूर्य्य के समान प्रकाश वाले सबके हृदय में रहे हुए हंस रूप ॐकार को जो देखते हैं वे पाप रहित होजाते हैं ॥२४॥ जो मन जगत की उत्पत्ति, स्थिति और लय तीनों क्रियाओं का करने वाला है उस मन का जहाँ विलय होता है, वह विष्णु का परमपद है ॥२५॥हृदय कमल आठ दल वाला और बत्तीस पंखड़ियों वाला है, उसके मध्य में सूर्य्य टिका हुआ है, और उस सूर्य के मध्य में चन्द्र है ॥२६॥ चन्द्र के मध्य में अग्नि है, अग्नि के मध्य में प्रकाश है, और प्रकाश के मध्य में पीठ (आसन) है, जो अनेक प्रकार के रत्नों से जड़ा हुआ है ॥२७॥ उसके मध्य में देव है, जो सब स्थानों पर बसा हुआ निरंजन है, जो श्रीवत्स कौन्तुभ धारण किये हुए, मोती और मणियों से भूषित है ॥२८॥ जो स्वच्छ स्फटिक के समान, करोड़ों चन्द्र के प्रकाश वाला है, इस प्रकार के विष्णु का विनय युक्त होकर ध्यान

Scanned by CamScanner

करे ॥२९॥ तिसी के पुष्प के समान नाभि के स्थान में टिके हुए, चार भुजा वाले महा विष्णु का पूरक प्राणायाम करता हुआ चिंतवन करे ॥३०॥ कुम्भक प्राणायाम करते समय पद्मासन से बैठे हुए, चार मुख वाले, रक्त और गोरे रंग वाले पितामह ब्रह्मा का हृदय से ध्यान करे ॥३१॥ रेचक प्राणायाम करते समय ललाट में त्रिनेत्र वाले शंकर का ध्यान करे, जो शुद्ध स्फटिक के समान, कला रहित और पापों का नाश करने वाला हैं ॥३२॥ केलेके फूलके समान नीचे फूल, और ऊपर डंडी और नीचे मुखवाला सौ आरे वाला, सौ पत्रों से युक्त, विस्तीर्ण कर्णिका वाला' हृदय कमल होता है। वह सर्व वेदमय शिव का, सूर्य, चन्द्र और अग्नि के ऊपर २ चिंतवन करे ॥३३-३४॥ कमल को खोलने से चन्द्र अग्नि और सूर्य का बोध होता है, उनके बीज को ग्रहण करने से स्थिर आत्मा में विचरता है ॥३५॥ तीन स्थान, तीन मात्रा, तीन ब्रह्म तीन अक्षर, तीन मात्रा और अर्धमात्रा जो इनको जानता है, वह वेद का जानने वाला है ॥३६॥ तैल की धार के समान अखंड दीर्घ घन्टे के (प्रणव नाद के अन्त) के समान बिन्दु नाद कला से अतीत आत्मा है, जो उसको जानता है, वह वेद का जानने वाला है ॥३७॥ जिस प्रकार कमल की नाल से मनुष्य जल को खेंचता है, इसी प्रकार योगी योग मार्ग में स्थिति होकर वायु को खेंचे ॥३८॥ मूंदे हुए हृदय कमल को अर्ध मात्रा स्वरूप करके सुषुम्ना से खेंचे और भृकुटियों के मध्य मे लय करे ॥ ३९ ॥ और नासिका के मूल से भृकुटियों के मध्य में ललाट में अमृत के स्थान को जाने, वह ब्रह्म का महान् स्थान है ॥४०॥

आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि ये योग के छः अंग हैं ॥ ४१ ॥ जितनी जीव जाति हैं, उतने ही आसन है, उनके अनेक भेदों को महेश्वर जानता है ॥ ४२ ॥ सिद्ध, भद्र, सिंह और पद्म ये चार आसन हैं। आधार प्रथम चक्र है और स्वाधिष्ठान दूसरा चक्र है योनि स्थान उन दोनों के मध्य में काम रूप कहा जाता है। आधार नाम के गुदा स्थान में चार दलवाला कमल है ॥ ४३—४४ ॥ उसके मध्य में सिद्धों से वन्दना की गई काम नाम की योनि है। तथा योनि के मध्य में पश्चिम मुखवाला लिङ्ग स्थित है ॥ ४५ ॥ उसके मस्तक में मणि के समान प्रकाश को जो जानता है, वह योग जानने वाला है। तप्त सोने के आकारवाला, बिजली के रेखा के समान चंचल, अग्नि से चार अंगुल ऊपर मेढ़ से नीचे स्वशब्द करके प्राण स्थित हैं, स्वाधिष्ठान उसका आश्रय है ॥ ४६—४७ ॥ स्वाधिष्ठान चक्र मेढ़ भी कहलाता है, यहां जैसे मणि तन्तु से वैसे शरीर वायु से पूर्ण है ॥ ४८ ॥ वह नाभि मंडल चक्र मणि पूरक कहलाता है बारह दल वाले महाचक्र में पुण्य पाप से बंधा हुआ है ॥ ४९ ॥ जीव जब तक तत्त्व को नहीं जानता तब तक भ्रमण करता है। मेढ़ से ऊपर और नाभि के नीचे पक्षी के अंडे के समान जो कन्द हैं, वहाँ से बहत्तर हजार नाड़ियां उत्पन्न हुई हैं, उनमें बहत्तर मुख्य कही गई हैं, फिर भी उनमें प्राण को चलाने वाली दश प्रधान हैं, इड़ा, पिंगला और तीसरी सुषुम्ना ॥ ५०।५१।५२ ॥ गान्धारी, हस्ति जिह्वा,

Scanned by CamScanner

पूषा, यशस्विनी, अलम्बुसा, कुहू और दशवीं शंखिनी ॥ ५ ॥ इस प्रकार के नाड़ी चक्र योगियों को हमेशा जानना चाहिये। चन्द्र सूर्य और अग्नि देवता इन देवताओं वाली और सदा प्राण जिसमें चला करते हैं ऐसी ॥ ५४ ॥ इड़ा पिंगला और सुषुम्ना तीन मुख्य नाड़ियाँ कही गई हैं। इड़ा वाम भाग में स्थित है और पिंगला दक्षिण भाग में स्थित है ॥ ५५ ॥ सुषुम्ना मध्य देश में स्थित है, प्राण के ये तीन मार्ग कहे गये हैं। प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान ॥ ५६ ॥ नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनंजय। प्राण आदि पाँच और नाग आदि पाँच वायु प्रसिद्ध हैं ॥ ५७ ॥ जीव रूप से ये हजारों नाड़ियों में रहते हैं। जीव प्राण और अपान के वश होकर ऊपर नीचे दौड़ता है ॥ ५८ ॥ वाम, दक्षिण मार्ग से चंचल होने के कारण दिखाई नहीं देता। जिस प्रकार भुजाओं से फेंकी हुई गेंद चली जाती है ॥ ५९ ॥ इसी प्रकार प्राण अपान से फेंका हुआ जीव विश्राम नहीं पाता रस्सी से बंधे हुए पक्षी के समान अपान से प्राण खिंचता है और प्राण से अपान खिंचता हैं ॥ ६० ॥

जो इनको जानता है वह योगवित् है, हकार द्वारा बाहर आता है और सकार द्वारा भीतर जाता है ॥ ६१ ॥ इस प्रकार हंस हंस वह मन्त्र जीव सदा जपता है, दिन रात में इक्कीस हजार छः सौ इतनी संख्या युक्त मंत्र को जीव सदा जपता है, यह अजपा नाम की गायत्री योगियों को सदा मोक्ष देने वाली है ॥ ६२-६३ ॥ इसके संकल्प मात्र से मनुष्य पापों से से छूट

जाता है। इसके समान विद्या; इसके समान जप और इसके समान पुण्य न हुआ है और न होगा।

जिस मार्ग से निरामय ब्रह्म के स्थान को पहुँचा जाता है, उस द्वार को मुख से ढांक कर सोई हुई परमेश्वरी योग अग्नि से जागी हुई, जैसे सुई तागे को ले जाय वैसे, सुषुम्ना मन और प्राण सहित ऊपर जाती है और जैसे कुञ्जी से कपाट झट खोल लेते हैं ॥ ६४—६७ उस कुण्डलिनी से योगी मोक्ष के द्वार को खोलता है ॥ ६८ ॥ दोनों हाथों को सम्पुटित करके, दृढ़ रीति से पद्मासन बांध कर और ठोड़ी को दृढ़ रीति से वक्षस्थल में लगा कर चित्त में बारम्बार उस (ब्रह्म) का ध्यान करता हुआ, बारम्बार अपान वायु को ऊपर चढ़ाता हुआ, पूर्ण किये प्राण को नीचे ले जाता हुआ मनुष्य (कुण्डलिनी) शक्ति के प्रभाव से अतुल बोध को प्राप्त करता है ॥ ६९ ॥ जो योगी पद्मासन से बैठ कर नाड़ी द्वारों में वायु को भर कर रोकता है, वह मुक्त है; इसमें संशय नहीं है ॥ ७० ॥ श्रम से उत्पन्न हुए पसीने को अंगों में मलने वाला कड़ुये, खट्टे और लवण को त्यागने वाला, दूध पीने में प्रीति वाला, सुखी ॥ ७१ ॥ ब्रह्मचारी, सूक्ष्म आहार करने वाला योगी योग परायण होकर एक वर्ष में सिद्ध हो जाता है, इसमें संशय न करना चाहिये ॥७२॥ [कन्द (मूल) के ऊपर कुण्डलिनी शक्ति वाला वह योगी सिद्ध होता है।] सदा मूल बंध करने से अपान और प्राण की एकता होती है, मल मूत्र कम हो जाता है और बूढ़ा भी जवान हो

Scanned by CamScanner

जाता है। एड़ी से योनि को दाबकर गुदाको सकोड़े ॥ ७३-७४ ॥ और अपान को ऊपर खेंचे, यह मूल बंध कहलाता है। थका हुआ प्राण रूप पक्षी जिससे उड़ता है, वह ही उड्डियाण होता है। उस (उड्डियाण) बंध का स्वरूप कहा जाता है। उदर में पिछली ताण को नाभि के उपर करे ॥ ७५-७६ ॥ यह उड्डियाण बंध मृत्यु रूपी हाथी के लिये सिंह है। मस्तक के आकाश से उत्पन्न हुए जल को नीचे जाने से रोकता है ॥ ७७ ॥ यह जालंधर बंध कर्म और दुःख समूह का नाश करने वाला है। कण्ठ का संकोचन करना जिसका लक्षण है, ऐसा जालंधर बंध करने से अमृत अग्नि में नहीं पड़ता और न वायु दौड़ता है।

जिह्वा को उलट कर कपाल के छिद्र में प्रवेश करने से और भृकुटियों के बीच में दृष्टि रखने से खेचरी मुद्रा होती है। जो खेचरी मुद्रा को जानता है, उसको रोग और मरण नहीं होता, निद्रा नहीं आती न भूख प्यास लगती है, न मूर्च्छा होती है। वह रोग से पीड़ित नहीं होता और न कर्मों से लिपायमान होता है ॥ ७८—८१ ॥ जिसकी खेचरी मुद्रा है, वह काल से नहीं बंधता क्योंकि उसका चित्त आकाश में विचरता है और जिह्वा आकाश में गमन करती है ॥ ८२ ॥ इसलिये यह खेचरी मुद्रा सिद्धों से नमस्कार की गई है। जिसने खेचरी से तालू के छिद्र को ढक लिया है, कामिनी के आलिंगन करने से भी उसका वीर्य नहीं गिरता, जब तक देह में वीर्य स्थित है तब तक मृत्यु कहां है ॥ ८३-८४ ॥ जब तक खेचरी मुद्रा बंधी रहती है

तब तक वीर्य नहीं जाता, चला हुआ वीर्य भी जब योनि मंडल में प्राप्त होता है ॥ ८५ ॥ तब भी योनि मुद्रा से निरंतर बंधा हुआ बिंदु आकर्षण शक्ति से खेंचा हुआ हठ से ऊपर को चला जाता है। वह बिंदु सफेद और लाल दो प्रकार है ॥ ८६ ॥ सफेद शुक्र कहलाता है और लाल महारज कहलाता है। मूंगे के वृक्ष के समान रज योनि स्थान में स्थित है, चन्द्र के स्थान में बिंदु रहता है। उनकी एकता अत्यन्त दुर्लभ है। बिंदु शिव है, रज शक्ति है, बिंदु चन्द्रमा है, रज सूर्य है ॥ ८७-८८ ॥ दोनों के संगम से परम शरीर प्राप्त होता है। वायु द्वारा शक्ति के चलाने से जब रज आकाश में प्रेरित होता है और रवि के साथ एकता को प्राप्त होता है, तब शरीर दिव्य हो जाता है। शुक्ल चन्द्रमा के साथ संयुक्त है और रज सूर्य के साथ संयुक्त है ॥ ८९-९० ॥ जो दोनों के एक रस भाव को जानता है, वह योग को जानने वाला है। चन्द्र सूर्य को मिलाना, मल समूह को शोधन करना है ॥ ९१ ॥ रसों को भली प्रकार शोषण करना इसके लिये महा मुद्रा कहलाती है ॥ ९२ ॥ ठोड़ी को छाती पर रख कर, बांई एड़ी से योनि के छिद्र को दबा कर फैलाये हुए दक्षिण पाद को पकड़ कर, दोनों कुक्षियों को बांध कर भरी हुई श्वास को धीरे-धीरे छोड़े, मनुष्यों के महा पातक को नाश करने वाली यह महा मुद्रा कहलाती है ॥ ९३ ॥

Scanned by CamScanner

अब आत्मा के निर्णय का वर्णन करते हैं। हृदय के स्थान में आठ दल वाला कमल है, उसके मध्य में रेखाओं का अवलम्बन करके उसमें जीवात्मा ज्योति स्वरूप अणुमात्र रूप से वर्तता है। उसमें सब टिका हुआ होता है। सब जानता है, सब करता है। इन सब चरित्रों का मैं कर्ता मैं भोक्ता, सुखी, दुखी, काना, कुबड़ा, दुबला और मोटा हूं; इस प्रकार स्वतन्त्रता से वर्तता है। पूर्व दल श्वेत वर्ण वाला है, पूर्व दल में उसका विश्राम होने से भक्ति युक्त धर्म में बुद्धि होती है। आग्नेय दल रक्त वर्ण वाला है, जब आग्नेय दल में विश्राम होता है तब निद्रा और आलस्य में बुद्धि होती है। दक्षिण दल कृष्ण वर्ण वाला है, जब दक्षिण दल में विश्राम होता है तब द्वेष और कोप की बुद्धि होती है॥ नैऋत दल नील वर्ण वाला है, जब नैऋत दल में विश्राम होता है तब पाप कर्म हिंसा में बुद्धि होती है। पश्चिम दल स्फटिक के रंग का है, जब पश्चिम दल में विश्राम होता है तब क्रीडा और विनोद में बुद्धि होती है। वायव्य दल माणिक्य के रंग का है, जब वायव्य दल में विश्राम होता है तब जाने, चलने और वैराग्य में बुद्धि होती है। उत्तर दल पीले रंग का है, जब उत्तर दल में विश्राम होता है तब सुख और शृंगार में बुद्धि होती है॥ ईशान दल वैडूर्य मणि के रंग वाला है, जब ईशान दल में विश्राम होता है तब दान आदि कृपा की बुद्धि होती है। जब संधियों की संधियों में बुद्धि होती है तब वात, पित्त कफ महा व्याधियों का कोप होता है। जब मध्य में स्थित होती

है तब सब जानती है, गाती है नाचती है, पढ़ती है और आनन्द करती है। जब नेत्र को श्रम होता है तो श्रम दूर करने को प्रथम रेखाके मध्य में डुबकी लगाती है, तब निद्रावस्था होती है, प्रथम रेखा चंपूक पुष्प(दोपहरिया)के रंग वाली है॥ निद्रावस्था के मध्य में स्वप्नावस्था है। स्वप्नावस्था में देखी सुनी अनुमान से होनेवाली वार्ता इत्यादि कल्पना करती है, जब श्रम होता है॥तब श्रम दूरकरने कोदूसरी बीरबहूटीके रंगवाली रेखा के मध्य से डुबकी लगाती है तब सुषुप्ति अवस्था होती है, सुषुप्तिमें बुद्धि केवल ईश्वरके सम्बन्ध वाली नित्य बोध स्वरूप होती है, पीछे परमेश्वर की प्राप्ति होती है॥ तीसरी रेखा पद्मराग के रंग की है, जब तीसरी रेखा के मध्य में डुबकी लगाता है तब तुरीयावस्था होती है। तुरीया में बुद्धि केवल परमात्मा के सम्बन्ध वाली होती है, नित्य बोध स्वरूप वाली होती है तब शनैः २ उपराम को प्राप्त होकर, धैर्य ग्रहण करने वाली बुद्धि से मन को आत्मा में स्थित कर के कुछ भी चिंतवन न करे। तब प्राण अपान को एक कर के सब विश्व को आत्म स्वरूप के लक्ष्य से धारण करता है। जब तुरीयातीत अवस्था होती है, तब सब आनन्द स्वरूप होता है, द्वन्द्व से अतीत होता है। जब तक देह का प्रारब्ध रहता है, तब तक ठहरता है, पश्चात् परमात्म तत्त्व की प्राप्ति होती है, इस प्रकार से मोक्ष होता है, ये आत्म दर्शन के उपाय हैं॥

चार मार्गके युक्त महा द्वारमें जाने वाले के वायुके साथ स्थित होकर अर्ध त्रिकोण में जाने से अच्युत (नाश रहित परमात्मा)

Scanned by CamScanner

दीखता है ॥९४॥ पूर्वोक्त त्रिकोण स्थान से ऊपर पांच रंग वाले पृथवी आदि ध्यान करने योग्य हैं और बीज रंग और स्थान वाले पांच वायु ध्यान करने योग्य हैं। नीले मेघ के समान यकार वायु रूप प्राण का बीज है। आदित्य के समान रकार अग्नि रूप अपान का बीज है ॥ ९५ ॥

बन्धूक पुष्प के समान लकार पृथ्वी रूप व्यान है। शंख के रंग वाला वकार जल रूप उदान का बीज है ॥९६॥ स्फटिक के सदृश हकार आकाश रूप समान है। हृदय, नाभि, नासिका, कर्ण और पैर का अंगूठा आदि समान के स्थान हैं ॥९७॥ वह बहत्तर हजार नाड़ियों में वर्तती हैं। शरीरमें अट्ठाईस करोड़रोम कूप हैं वहाँ भी समान रहता है ॥९८॥ समान प्राण एक है वह ही एक जीव है। चित्त को अच्छी तरह सावधान करके रेचक आदि तीनों करे ॥९९॥ सबको धीरे २ खेंच कर हृदय कमल के कोटर में प्राण अपान को रोककर प्रणव का उच्चारणकरे॥१००॥ कंठका संकोचन करके तथा लिंग का संकोचन करके मूलाधार से पद्म तंतु के समान सूक्ष्म सुषुम्ना का संकोचन करे ॥ १०१ ॥ वीणा दण्ड से उत्पन्न हुआ अमूर्त नाद वर्तता है। शंख नाद आदि के समान उसीके मध्य में ध्वनि होती है ॥१०२॥ कपाल छिद्र के मध्य में चारों द्वारों का मध्य है, वहां आकाश रंध्र में जाता हुआ नाद मोर के नाद के समान होता है ॥१०३॥ जैसे आकाश में सूर्य तैसे यहां आत्मा विराजमान है और ब्रह्मरंध्र में

दो मनुष्यों के मध्य शक्ति विराजमान है ॥ १०४ ॥ वहां मनको लय करके पुरुष अपने आत्मा को देखे, रत्नज्योति नाद रूप बिन्दु परमेश्वर का पद है। जो पुरुष इस प्रकार जानता है, वह कैवल्य को भोगता है, यह उपनिषत् है ॥ १०५ ॥

॥ इति ध्यान विन्दु उपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

मण्डल ब्राह्मण उपनिषत् ।

[३५]

प्रथम ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य महामुनि आदित्य लोक को गये, उन आदित्य को नमस्कार करके बोले "हे भगवान् ! आदित्यका आत्मतत्व कहिये" वह नारायण बोले ज्ञान सहित यमादि अष्टांग योग कहलाता है। शीत,उष्ण, आहार और निद्राको जीतना, हमेशा शांति निश्चलपन और विषय इन्द्रियों का रोकना ये यम हैं। गुरु की भक्ति, सत्य मार्गमें प्रीति, सुख से प्राप्ति हुई वस्तुका अनुभव और उस वस्तु के अनुभव से संतुष्टि, असंगपना, एकान्त वास, मन की निवृत्ति, फल में अनिच्छा और वैराग्य का भाव नियम है। आसन सुखपूर्वक रहे और बहुत काल तक रहे यह आसन का नियम है। पूरक, कुम्भक और रेचक भेद से सौलह, चौंसठ और बत्तीस यथा क्रम से प्राणायाम की संख्या है। इन्द्रियों के अर्थ यानी विषयों से मन को रोकना प्रत्याहार है। सब शरीरों में चैतन्य की एकता विचारना ध्यान है। विषयों से निवृत्त करके चित्त को चैतन्य में स्थापित करना धारणा है। ध्यान को भूल जाना समाधि है। इस प्रकार सूक्ष्म अंग है। जो इस प्रकार जानता है, वह मुक्त होता है ॥१॥ देह के पाँच दोष होते हैं:— काम, क्रोध, श्वास निकलना, भय और निद्रा। संकल्प रहित होने से क्षमा, हलका भोजन, सावधानी और तत्व सेवन

करने से उन दोषों का त्याग होता है। निद्रा भय नदी का प्रवाह है, हिंसा आदिक तरंग हैं, तृष्णा भँवर है, स्त्री कीचड़ है, ऐसे संसार समुद्र को पार जाने को सूक्ष्म मार्ग का अवलम्बन करके सत्त्वादि गुणों का उल्लंघन करके तारक का अवलोकन करे। भौंओं के मध्य में सच्चिदानन्द तेज स्थिर पहाड़ का सा तारक ब्रह्म है। उसको प्राप्त करने का उपाय, तीन लक्ष्य का अवलोकन है। मूलाधार से लेकर ब्रह्मरंध्र तक सुषुम्ना सूर्य के समान प्रकाश वाली है। कमल की डण्डी के तन्तु के समान सूक्ष्म कुण्डलिनी है। वहाँ अंधेरे की निवृत्ति है। उसके दर्शन से सब पापों की निवृत्ति होती है। तर्जनी अँगुली के अग्र भाग से दोनों कानों के छिद्र बन्द करने से फुत्कार शब्द होता है। वहां मन के स्थित होने से नेत्रों के मध्य में नील ज्योति को देखता है। इसी प्रकार हृदय में भी देखता है। बहिर्लक्ष्य कहते हैं:— नासिका के अग्र में चार, छः, आठ, दस, बारह अँगुल पर क्रम से नील ज्योति, श्यामता के समान, बीरबुहट्टी के समान, पीला और दोनों रंग युक्त आकाश को देखता है, वह योगी है। चल दृष्टि से व्योम भाग को देखने वाले पुरुष की दृष्टि के सामने ज्योति के किरण होते हैं। वहां दृष्टि स्थिर हो जाती है, मस्तक के ऊपर बारह अँगुल वाली ज्योति देखता है तब अमृतपने को प्राप्त होता है। मध्य लक्ष्य कहते हैं:— प्रातःकाल चित्रादि वर्ण, सूर्य, चन्द्र, अग्नि की ज्वाला के समान, इनसे रहित अन्तरिक्ष के समान देखता है। उसके

आकार वाला होता है। अभ्यास से निर्विकार, गुण रहित आकाश होता है। चमकते हुए तारे के आकार वाला, गाढ़ अन्धकार के समान पराकाश होता है। कालाग्नि के समान प्रकाश वाला महाकाश होता है। सबसे ऊँचा परम अद्वितीय प्रकाश वाला तत्त्वाकाश होता है। करोड़ो सूर्य के प्रकाश वाला सूर्याकाश होता है। इस प्रकार अभ्यास से तन्मय होता है, जो इस प्रकार जानता है ॥ २ ॥

पूर्व और उत्तर विभाग से उस योग को दो प्रकार का जानो। पहिले को तारक जानो और दूसरे को अमनस्क जानो। तारक दो प्रकार का है। मूर्ति तारक और अमूर्ति तारक। जो इन्द्रियों का अन्त तक है वह मूर्ति तारक है। जो दोनों भोओं से अतीत है, वह अमूर्ति तारक है। युक्त मन होकर दोनों का ही अभ्यास करे। मन युक्त आन्तर दृष्टि तारक का प्रकाश होता है। दोनों भोओं के मध्य बिल में तैजस का आविर्भाव हो जाता है, यह पूर्व तारक है। दूसरा अमनस्क है। तालू की मूल के ऊपर के विभाग में महा ज्योति विद्यमान है। उसके दर्शन से अणिमा आदि सिद्धियाँ होती हैं। अन्तर और बाहर के लक्ष्य में दृष्टि को खुलने और मुंदने से रहित रखना, यह शांभवी मुद्रा है। सब तंत्रों में यह महाविद्या गुप्त रखने योग्य होती है। उसके ज्ञान से संसार की निवृत्ति होती है। उसका पूजन मोक्ष फल देने वाला है। अन्तर्लक्ष्य जल ज्योति स्वरूप होता है। महा ऋषियों के जानने योग्य, अन्तर और बाहर की इन्द्रियों से न देखी जा

सके ऐसी है ॥ ३ ॥ हजारों किरणों वाला जल ज्योति अन्तर्लक्ष्य है। दूसरे ऐसा कहते हैं, बुद्धि रूपी गुफा में सब अंगों से सुन्दर पुरुष रूप अन्तर्लक्ष्य है मस्तक के भीतर मण्डल में रहने वाला, पाँच मुख वाला, उमा सहाय वाला, नील कण्ड वाला अत्यन्त शान्त, ऐसा शिव अन्तर्लक्ष्य है ऐसा कोई कहते हैं। कोई कहते हैं कि अंगुष्ट मात्र पुरुष ही अन्तर्लक्ष्य है। कहा हुआ सब विकल्प आत्मा ही है और उस लक्ष्य को जो शुद्ध आत्म दृष्टि से देखता है वह ही ब्रह्मनिष्ठ होता है। पच्चीसवां जीव अपने कल्पे हुए चौबीस तत्त्वो को त्याग कर मैं छब्बीसवां परमात्मा हूँ ऐसा निश्चय करने से जीवन्मुक्त होता है। इस प्रकार अन्तर्लक्ष्य को देखने से जीवन्मुक्त की दशा में आप ही अन्तर्लक्ष्य होकर अखण्ड मण्डल वाला परमाकाश होता है ॥ ४ ॥

दूसरा ब्राह्मण।

अब याज्ञवल्क्य ने आदित्य मंडल के पुरुष से पूछा "हे भगवन्! आपने अन्तर्लक्ष्य आदिक बहुत प्रकार से कहे। मैंने उस (आत्म तत्त्व) को न जाना। उसको मुझसे कहो।" तब उसने कहा, वह पंच भूतों का कारण, बिजली के पर्वत के समान, प्रकाश वाला और वैसे ही चार पीठ वाला है। उसके मध्य में तत्त्व का प्रकाश होता है। वह अत्यन्त गुप्त और अप्रकट है। उसको ज्ञान की नौका पर चढ़ कर जानना चाहिए। वह भीतर और बाहर का लक्ष्य है। उसके मध्य में जगत् लीन है। वह नाद

Scanned by CamScanner

बिन्दु कला से अतीत अखंड मंडल है। वह सगुण और निर्गुण स्वरूप है। उसका जानने वाला विमुक्त होता है। आदि में अग्नि मंडल है। उसके ऊपर सूर्य मंडल है। उसके मध्य में अमृतमय चन्द्र मंडल है। उसके मध्य में अखंड ब्रह्म तेज का मंडल है। वह बिजली की किरणों के समान शुक्ल प्रकाश वाला है। वह ही शांभवी लक्षण है, उसके दर्शन में अमावस, पड़वा और पूर्णमासी तीन दृष्टियां हैं। मुंदी हुई आंखों से देखना अमावस की दृष्टि है। आधी मुंदी हुई आंखों से देखना पड़वा है। आँखें बिलकुल खुली रखना पूर्णमा है। इसलिये पूर्णमा का अभ्यास करना चाहिये। उसका लक्ष्य नासिका का अग्र भाग है। तब तालू के मूल में गाढ़ा अन्धकार दिखाई देता है। उसके अभ्यास से अखंड मंडल के आकार की ज्योति दीखती है वह ही सच्चिदानन्द ब्रह्म है। इस प्रकार सहज आनन्द में जब मन लवलीन हो जाता है तब शांतो भवी (मुद्रा) होती है। उसको ही खेचरी कहते हैं। उसके अभ्यास से मनकी स्थिरता होती है। फिर वायु की स्थिरता होती है। ये उसके चिह्न है। आदि में तारों के समांन दिखाई देता है। फिर दर्पण, उसके पश्चात् चन्द्र मंडल, फिर नव रत्न प्रभा का मंडल, फिर दोपहर के सूर्य का मंडल, फिर अग्नि की शिखा का मंडल, ये क्रम से दोखता है ॥ १ ॥

तब पश्चिम मुख बाला प्रकाश, स्फटिक. धुवां, विन्दु, नाद कला, नक्षत्र, जुगुनु, दीप की शिखा सुवर्ण नव रत्न आदि प्रभा दीखती हैं। वह ही प्रणव का स्वरूप है। प्राण और अपान

की एकता करके कुम्भक धारण करके दृढ़ भावना से नासिका के अग्रभाग को देखना, दोनों हाथों की अंगुलियों से षण्मुखी (कर्ण, नेत्र नासिका को बन्द) करके प्रणव की ध्वनि सुनकर मन वहाँ लीन हो जाता है। उसको कर्म का लेप नहीं होता। सूर्य के उदय और अस्त के काल में कर्म अवश्य करना चाहिये, परन्तु इस प्रकार जानने वाले को चैतन्य रूपी सूर्य के उदय और अस्त के अभाव से कर्म का अभाव होता है। शब्द और काल के लय होने से दिन और रात्रि से अतीत होकर सबके परिपूर्ण ज्ञान से उन्मनी अवस्था की प्राप्ति से ब्रह्म की एकता होती है। उन्मनी अमनस्क होती है, चिंता रहित होना उसका ध्यान है। सब कर्मों का नाश आवाहन है। दृढ़ ज्ञान आसन है। उन्मनी भाव पाद्य है, सदा अमनस्क अर्घ्य है, सदा प्रकाश और अखंड ब्रह्म की वृत्ति रखना स्नान है। सर्वत्र ब्रह्म की भावना गंध है। द्रष्टा के स्वरूप की अवस्था अक्षत् है। चैतन्य की प्राप्ति पुष्प है चैतन्य अग्नि स्वरूप धूप है, चैतन्य आदित्य स्वरूप दीप है। परिपूर्ण चन्द्र के अमृत रस को एकत्र करना नैवेद्य है। निश्चलता प्रदक्षिणा है। सोऽहं (वह मैं) भाव नमस्कार और मौन स्तुति है और पूर्ण सन्तोष उसका विसर्जन है, जो इस प्रकार जानता है ॥ २ ॥

इस प्रकार त्रिपुटी छूटने पर तरंग रहित समुद्र के समान वायु स्थान पर रक्खे हुए दीप के समान अचल, संपूर्ण भाव अभाव से रहित, कैवल्य का प्रकाश होता है। जाग्रत और

Scanned by CamScanner

निद्रा के भय को जानने से ब्रह्म को जानने वाला होता है। अज्ञान में लीन होने के कारण और मुक्ति के हेतु का अभाव होने से सुषुप्ति और समाधि में मन का लय समान होने पर भी दोनों में महान अन्तर है। प्रपंच मनका कल्पा हुआ होने से समाधि में अज्ञान का विकार मिट जाने से उसके आकार से आकार वाली अखंडाकार वृत्ति वाले आत्म रूप साक्षी चैतन्य में प्रपंच का लय हो जाता है। इसलिये भेद के अभाव और मिथ्यापने के भान से कभी वृत्ति बाहर जाय तो भी एक वार प्रकाश रूप सदानन्द के अनुभव होने से ब्रह्म जानने वाला ब्रह्म ही होता है। जिसका संकल्प नाश हुआ है उसके हाथ में ही मुक्ति रक्खी हुई है। इसलिये भाव अभाव को छोड़ कर परमात्मा का ध्यान करने से मुक्ति होती है। वारम्बार सब अवस्थाओं में ज्ञान ज्ञेय, ध्यान, ध्येय लक्ष्य, अलक्ष्य, दृश्य अदृश्य और उहापोह आदि छोड़कर जो इस प्रकार जानता है वह जीवन्मुक्त होता है ॥३॥ जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति तुर्य और तुर्यातीत पांच अवस्थायें हैं। जाग्रत में प्रवृत्त हुआ जीव प्रवृत्ति मार्ग में आसक्त होकर पाप का फल नरकादि मत हो, शुभ कर्म का फल स्वर्ग हो इस प्रकार की इच्छा करता है। वह ही स्वीकार किये हुए वैराग्य से कर्म का फल जन्म रूप संसार अब वस है ऐसा विचार के विमुक्ति की इच्छा करके निवृत्ति मार्ग में प्रवृत्त होता है। वह ही संसार से तरने के लिये गुरु का आश्रय लेकर कामादि त्याग कर शास्त्र विहित कर्मों का आचरण करते हुए, साधन चतुष्टय

से सम्पन्न होकर हृदय कमल के मध्य में भगवत् सत्ता मात्रका अंतर्लक्ष्य करके सुषुप्ति अवस्था की मुक्त, ब्रह्मानन्द की स्मृति प्राप्त करके 'मैं ही एक अद्वितीय हूँ', कुछ काल से अज्ञान वृत्तिसे भूलकर जाग्रत की वासनाके फल से 'मैं तैजस हूँ, इस प्रकार उन दोनों के निवृत्त होने पर मैं एक ही अव प्राज्ञ हूँ, स्थान और अवस्थाओं के भेद से ऐसा है परन्तु मैं इनसे अन्य हूँ, इस प्रकार विवेक होने पर शुद्ध अद्वैत ब्रह्म मैं हूँ, इस प्रकार भेद की गन्ध को त्याग कर अपने अंतर में व्यापक भानुमण्डल का ध्यान करके उसके आकार का होने से परब्रह्म के आकार वाले मुक्ति मार्ग पर आरूढ़ होकर परिपक्व होता है। संकल्पादि वाला मन वन्धन का हेतु है, इनसे रहित मन मोक्ष के योग्य होता है। मोक्ष वाला चक्षु आदि पांच से अतीत प्रपंच की गन्ध रहित सव जगत को आत्मरूप देखता हुआ अहंकार को त्याग कर मैं ब्रह्म हूँ, इस प्रकार चिंतवन करता हुआ जो यह है, सब आत्मा ही है, इस प्रकार भावना करता हुआ कृत कृत्य होता है ॥ ४ ॥ सर्व परिपूर्ण तुर्यातीत ब्रह्म रूप योगी होता है। उसकी ब्रह्म के समान स्तुति करते हैं। वह सव लोकों की स्तुति करने योग्य है सर्व देशों में व्यापक होता है, परमात्मा रूपी आकाश में विन्दु को धारण करके शुद्ध अद्वैत जड़ता रहित सहज अमनस्क योग निद्रा के अखंड आनन्द पद की अनुवृत्ति से जीवन्मुक्त होता है। योगी आनन्द समुद्र में मग्न होते है। उनकी अपेक्षा

Scanned by CamScanner

से इन्द्र आदिक का आनन्द थोड़ा है। इस प्रकार आनन्द प्राप्त करने वाला परम योगी होता है, यह उपनिषत् है ॥६॥

तीसरा ब्राह्मण।

याज्ञवल्क्य महा मुनि ने मण्डल पुरुष से पूछा "स्वामिन्! अमनस्क के लक्षण कहने पर भी याद नहीं है, इसके लक्षण फिर कहिये," तब इस प्रकार मंडल पुरुष बोला:—यह अमनस्क अत्यन्त रहस्य है जिसके जानने से भी कृतार्थ होता है। वह नित्य शांभवी मुद्रा से युक्त है। परमात्म दृष्टि से उसके प्रत्यक्ष लक्षणों को देखकर उसके पीछे सर्व के ईश्वर, प्रमाण रहित, अज, शिव, परमाकाश, आलम्बन रहित अद्वय, ब्रह्मा विष्णु रुद्रादि का एक मात्र लक्ष्य रूप, सबके कारण को परब्रह्म रूप आत्मा में ही देखता हुआ, यह जीव अतःकरण रूप में विहार करता है, ऐसा निश्चय पूर्वक जान कर भाव अभाव आदि द्वन्द्वों से अतीत होकर, मनोन्मनी के अनुभव को जानकर, उसके पीछे सब इन्द्रियों के क्षय होने से अमनस्क सुख रूप ब्रह्मानन्द के समुद्र में मन का प्रवाह योग रूप निर्वात स्थान में रक्खे हुए दीपक के समान, अचल परब्रह्म को प्राप्त होता है। तब सूखे वृक्ष के समान मूर्छा और निद्रामय श्वासोश्वास के अभाव से निर्द्वन्द्व और सदा अचंचल गात्र वाला होकर परम शांति को प्राप्त करके मन प्रचार से शून्य होने से वह परमात्मा में लीन होता है। दूध निकालने के बाद गौ के थनों के दूध के समान

सब इन्द्रिय समूह के नष्ट होने से मन का नाश होता है, वह ही अमनस्क है। उस के पीछे नित्य शुद्ध परमात्मा 'मैं ही हूँ' इस प्रकार तत्त्वमसि के उपदेश से 'तू ही मैं हूँ, मैं ही तू है' इस प्रकार तारक योग के मार्ग से अखंड आनन्द से पूर्ण होकर कृतार्थ होता है ॥ १ ॥ पराकाश में परिपूर्ण मग्न होकर उन्मनी अवस्था को प्राप्त करके सब इन्द्रिय समूह को त्याग कर अनेक जन्मों के किये हुए पुण्य समूह के पक्व होने से कैवल्य फल को पाकर अखंडानन्द स्वरूप सब क्लेशों और पापों से रहित ब्रह्म मैं हूँ, इस प्रकार (अनुभव कर) कृत कृत्य होता है। परमात्मा पूर्ण होने से तू और मैं में भेद नहीं है। इस प्रकार कहते हुए शिष्य को आलिंगन देकर उसको ज्ञान को प्राप्त किया ॥ ३ ॥

॥ चौथा ब्राह्मण ॥

याज्ञवल्क्यने मंडल पुरुषसे फिर पूछा "व्योम पंचकका लक्षण विस्तार से फिर कहिये" वह बोला:—"आकाश पराकाश, महाकाश, सूर्याकाश, परमाकाश इस प्रकार आकश पांच हैं। बाहर और भीतर अंधकारमय आकाश है। बाहर और भीतर कालाग्नि के समान पराकाश है। बाहर और भीतर प्रमाण रहित ज्योति की प्रभा वाला तत्त्व महाकाश है, बाहर और भीतर सूर्य की प्रभा वाला सूर्याकाश है। अनिर्वचनीय ज्योति; सर्व व्यापक अत्यंत आनंदलक्षण वाला परमाकाश है। इस प्रकार उस उसके लक्ष्यको देखने से उसका रूप होता है। नव चक्र वाला, छः आधार वाला, तीन लक्ष्य वाला व्योम पंचक है। जो इनको यथार्थ नहीं जानता वह नाम मात्र का योगी होता है ॥ १ ॥

Scanned by CamScanner

विषय वाला मन बंध का और विषय रहित मन मुक्ति का हेतु होता है। इसलिये सब जगत चित्त का विषय है वह ही चित्त आश्रय रहित और मनोन्मनी अवस्था के पक्व होने पर लय के योग्य होता है। मुझ पूर्ण में उसके लय करने का अभ्यास करे। मन के लय का कारण मैं ही हूं। अनाहत शब्द की जो ध्वनि है उस ध्वनि के अन्तर्गत ज्योति है, ज्योति के अन्तर्गत मन है। जिससे तीनों जगत सृष्टि स्थिति और लय का कर्म है।

वह मन जहां लय हो जाता है, वह विष्णु का परम पद है। उनके लय होने से भेद के अभाव से शुद्ध अद्वैत की सिद्धि होती है। यह ही परम तत्त्व है उसका जानने वाला बाल, उन्मत्त अथवा पिशाच के समान जड़ कृति से इस लोक में आचरण करे। इस प्रकार अमनस्क के अभ्यास से ही नित्य तृप्ति, अल्प मल मूत्र थोड़ा भोजन दृढ़ अंग तथा जड़ता, निद्रा, दृष्टि और वायु चलना इनका अभाव होता है ब्रह्म के दर्शन से जाने हुए सुख स्वरूप की सिद्धि होती है। इस प्रकार दीर्घ काल तक की हुई समाधि से उत्पन्न हुए ब्रह्म रूपी अमृत के पान में परायण होकर वह संन्यासी परमहंस अवधूत होता है। उसके दर्शन से सब जगत पवित्र होता है। उसकी सेवा करने वाला अज्ञानी भी मुक्त होता है। वह एक सौ एक कुल को तारता है। उसके माता, पिता स्त्री और पुत्र समूह मुक्त होते हैं। यह उपनिषत् है।

॥ इति मण्डल ब्राह्मण उपनिषत् समाप्त ॥



भिक्षुकोपनिषत्।

[३६]

मोक्ष की इच्छा वाले संन्यासी कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस चार प्रकार के हैं। गौतम, भारद्वाज, याज्ञवल्क्य, वशिष्ठ कुटीचक नाम के संन्यासी आठ ग्रास का भोजन करके योग मार्ग से ही मोक्ष की प्रार्थना करते हैं। और बहूदक नाम के संन्यासी त्रिदंड, कमंडलु, शिखा, यज्ञोपवीत और काषाय वस्त्र धारण करने वाले ब्रह्मर्षि के घर में मधुमास को छोड़कर आठ ग्रास का भोजन करके योग मार्ग से मोक्ष ही की प्रार्थना करते हैं। और हंस नाम के (संन्यासी) ग्राम में एक रात्रि, नगर में पाँच रात्रि और क्षेत्र में सात रात्रि से उपरांत वास नहीं करते। वे गोमूत्र और गोबर का आहार करने वाले नित्य चांद्रायण व्रत करते हुए योग मार्ग से मोक्ष ही की प्रार्थना करते हैं। और परमहंस नाम के (संन्यासी) संवर्तक, आरुणि, श्वेतकेतु, जड़ भरत, दत्तात्रेय; शुक, वामदेव, हरीतक आदि आठ ग्रास का भोजन करके योग मार्ग से मोक्ष ही की प्रार्थना करते हैं। वे वृक्ष की जड़, शून्य गृह, अथवा श्मशान में वास करने वाले वस्त्र सहित अथवा नग्न रहते हैं। उनको धर्म, अधर्म, लाभ, अलाभ, शुद्ध, अशुद्ध और द्वैत नहीं होता, वे मिट्टी का डेला, पत्थर और सुवर्ण

Scanned by CamScanner

में समान भाव रखते हैं, सब वर्णों में से भिक्षा करके सर्वत्र आत्मा ही देखते हैं। वे नंगे, निर्द्वन्द्व परिग्रह, रहित, शुक्ल ध्यान परायण, आत्मनिष्ठा वाले प्राण धारण के लिये यथा योग्य समय पर भिक्षा करके शून्य स्थान, देव मन्दिर' पर्णकुटी, बांबी, वृक्षकी जड़, कुम्हार के घर, अग्नि होत्र के स्थान नदी के किनारे, गिरि-गुफा, टीला गड्ढा अथवा स्रोत के स्थान में रह कर ब्रह्म मार्ग में अच्छी प्रकार से संपन्न होकर शुद्ध मन से परमहंस के आचार से, संन्यास से देह त्याग करते हैं, वे परमहंस नाम के संन्यासी हैं। उपनिषत् समाप्त हुआ।

॥ भिक्षुकोपनिषत् समाप्त ॥

संन्यास

आरुणिक उपनिषत्।

[३७]

प्रजापति से उत्पन्न हुए अरुणि नाम के एक मुनि एक समय प्रजापति के लोक में गये और पूछने लगे "हे भगवन् किस उपाय करके मैं सब कर्मों का त्याग करूं?" तब प्रजापति कहने लगे "तुम को पुत्र, भाई, बान्धव, शिखा, यज्ञोपवीत, याग, स्वाध्याय भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तप-लोक सत्यलोक, अतल, तलातल, वितल, सुतल, रसातल, महातल, पाताल और ब्रह्माण्ड सबका त्याग करना चाहिये, (सब लोकोंकी इच्छाओं का त्याग करना) दण्ड और वस्त्रों में चादर और कोपीन को ग्रहण करना चाहिये, शेष सबका त्याग करना चाहिये" ॥ १ ॥

गृहस्थ ब्रह्मचारी और वानप्रस्थको अपने उपवीत को भूमि में अथवा जल में त्याग करना चाहिये। अग्निहोत्र के पंचाग्नि को उदराग्नि में आरोपण करना और गायत्री का वाणी रूप अग्नि में आरोपण करना। कुटीचर (कुटी में रहने वाले) ब्रह्मचारी को प्रथम कुटुम्ब का त्याग करना, पात्र का त्याग करना, पवित्र का त्याग करना, दन्ड और लोक का त्याग करना, मंत्र रहित होना, ऊर्ध्वगमन यानी इस लोक में या परलोक में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के भाव को छोड़ देना, औषधि रूप से अन्न को खाना,

Scanned by CamScanner

तीनों काल की सन्ध्या में स्नान करना और सन्धि समय आत्मा की समाधि में व्यतीत करना। सब वेदों में से आरण्यक उपनिषत् का पठन करना, ब्रह्म ज्ञान का पठन करना ॥ २ ॥

मैं ही ब्रह्म सूत्र रूप हूँ, (वस्त्र) उत्पन्न करने वाले को सूत्र कहते हैं (जगत्को) उत्पन्न करने वाला ब्रह्म सूत्र मैं ही हूँ। ऐसा जान कर विद्वान् अधिकारी तीन तार वाले उपवीत का त्याग करे। इस प्रकार जिसको ज्ञान है वह परम विद्वान् अधिकारी है। 'मैंने सब वस्तुओं का त्याग किया है' ऐसे तीन बार कहना' मैं सब भूत प्राणियोंसे भयरहित हूँ, मुझसे सब प्रवृत्त हो रहा है।

सखा मागोपायोजः सखायोऽसीन्द्रस्य वज्रोऽसि
वार्त्रघ्नः शर्म मे भव यत्पापं तन्निवारय।

अर्थ :—हे मित्र, तुम तेजस्वी हो, इन्द्र का सखा वज्र हो, वृत्र का तुमने ही नाश किया। तुम मेरे लिये कल्याणकारी बनो और मेरा जो पाप हो उसका निवारण करो।

इस मंत्र से मन्त्रित वैष्णव दण्ड और कोपीनको धारण करे। औषधि के समान प्राण रक्षणार्थ अन्न भक्षण करे, औषधि समान अन्न भक्षण करे, जिस समय जो मिले भक्षण करे। ब्रह्मचर्य, अहिंसा, अप्रतिग्रह, सत्य इन सबका यत्न से रक्षण करे ॥ ३ ॥ परमहंस संन्यासियों को आसन शयनादि भूमि पर करना चाहिये और ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिये; तैसे ही

यति को मट्टी की हांड़ी, तुम्बी पात्र, अथवा लकड़ी के कमंडलु को रखना चाहिये। काम, क्रोध, हर्ष, रोष, लोभ, मोह, दम्भ, दर्प, इच्छा, असूया, ममत्व और अहंकार आदि का यति त्याग करे। वर्षा ऋतु में सदाचार से एक स्थान पर रहे और आठ मास अकेला अथवा दो साथ रह कर फिरे ॥४॥ इस प्रकार का अधिकार जिसको प्राप्त हुआ है वह विद्वान् उपनयन संस्कार के पश्चात् अथवा उससे भी प्रथम सब वस्तु का त्याग करे। पिता, पुत्र अग्नि, उपवीत, कर्म, स्त्री तथा और सब वस्तुओं का त्याग करे, और हाथ रूपी पात्र वा उदर रूपी पात्र को ही साथ रख कर ॐ हि ॐ हि ॐ हि इस उपनिषत् वाक्य का उच्चारण करते हुए भिक्षा मांगे। सच मुच यह ही ब्रह्मज्ञान है, जो अधिकारी इस प्रकार जानता है उसको ढाक की, बेल की पीपल की, अथवा गूलर की लकड़ी का दण्ड तथा मौंजी, मेखला, तथा यज्ञोपवीतका त्याग करना चाहिये, जो इस प्रकार का अधिकारी है वह ही श्रेष्ठ है। जिस पदको नित्य देवता देखा करते हैं अर्थात् इच्छा करते हैं वह ही विष्णु का परमधाम है। स्वर्ग में विस्तार को प्राप्त चक्षु हो उसके समान वह धाम है। इस प्रकार का जो विष्णु का परम धाम है उसको उत्तम अधिकारी ब्रह्म भाव में लीन होकर प्राप्त होता है, ये ही मोक्ष का उपदेश है, और वेद का उपदेश है ॥ ५ ॥

॥ इति आरुणिक उपनिषत् समाप्त ॥

संन्यास

Scanned by CamScanner

मैत्रायणी उपनिषत्

[३८]

प्रथम प्रपाठक ।

बृहद्रथ नामक राजा ने अपने बड़े पुत्र को राजा के स्थान में स्थापित किया। राजा इस शरीर को अशाश्वत मानता था, वैराग्य उत्पन्न होने से वह अरण्य में गया। वहाँ जाकर उसने परम तपश्चर्या की। ऊँचे बाहु करके श्रीसूर्य नारायण के समक्ष खड़ा रहा। अन्त में सूर्यनारायण की कृपा से राजा के पास एक मुनि आया। यह मुनि धुंवें रहित अग्नि के समान अपने तेज से सर्व को दहन करता हो ऐसा तेजस्वी और आत्मज्ञानी था। उस मुनि का नाम भगवान् शाकायन्य था। उसने राजा से कहा "हे राजन्! खड़ा हो वरदान मांग।" राजा ने मुनि को नमस्कार किया और कहा "हे भगवन्! मैं आत्मज्ञानी नहीं हूँ, आप तत्व ज्ञानी हैं, जो आप उपदेश करेंगे सो मैं एकाग्र चित्त होकर सुनूंगा" मुनि ने कहा "हे ऐक्ष्वाक! तू कोई अन्य वरदान जो तेरी इच्छा में आवे सो माँग क्योंकि तेरे इस शरीर से आत्म ज्ञान की प्राप्ति होना अशक्य है।" तब राजा मुनि का चरण स्पर्श करके इस प्रकार कहने लगा (१)

"हे भगवन्! यह शरीर, हड्डी, चमड़ी, स्नायु, मज्जा, मांस, वीर्य, रक्त, श्लेष्म और आँसु से दूषित है। वह विष्टा, मूत्र, वात,

पित्त और कफ से पूर्ण है दुर्गंधि युक्त है और सर्व प्रकार के सार से रहित है, इसमें भोग की कामना का क्या प्रयोजन है? (२) यह शरीर काम, क्रोध, लोभ, भय, शोक, ईर्षा, इष्ट वस्तुओं का वियोग, अनिष्ट का संयोग, क्षुधा, तृषा, जरा, मृत्यु, रोग और शोकादिक से पूर्ण हैं। ऐसे शरीर में कामोपभोग से क्या फल होगा? (३) इस लोक में सब नाशवंत है। डांस मच्छर और तृण के समान नाश को प्राप्त होते हैं। इस प्रकार सबका मरण जन्म हुआ ही करता है। (४) कितने बड़े धनुर्धारी, चक्रवर्ती हो गये हैं; जैसे कि सुद्युम्न, भूरिद्यम्न इन्द्रद्युम्न, कुवलयाश्व, यौवनाश्व, वृद्धियाश्व, अश्वपति, शशविन्दु, हरिश्चन्द्र, अंबरीष, स्वयाति, ययाति, अनरण्य, उक्षसेनोत्थ, मरुत्त, भरत आदिक राजाओं ने अपने वन्धु वर्ग के अर्थ अनेक प्रकार की लक्ष्मी सम्पादन की, और उसका त्याग करके इस लोकसे परलोकको चले गये (५) और भी लोग गंधर्व, असुर, यक्ष, राक्षस, भूत गण, पिशाच, सर्प और ग्रह के आदि निरोध (नाश) को देखते हैं इससे क्या? (६) और बड़े महासागर भी सूख जाते हैं, पर्वतों का नाश हो जाता है। अचल पदार्थ हिल जाते हैं अथवा वृक्ष उखड़ जाते हैं, पृथ्वी डूब जाती है और देवताओं का स्वर्ग से पतन होता है। ऐसा जानने वाले मुझको इस संसार के काम और भोगों से क्या? यदि इनका आश्रय किया जावे तो वारम्वार जन्म मरण ही देखने में आता है। आपको इस संसार से मेरा उद्धार करना चाहिये। जैसे अंधेरे कुए में मेंडक हो इस प्रकार

Scanned by CamScanner

संसार में हमारी स्थिति है। हे भगवन्! आप मेरे आश्रय रूप हैं"। (७)

दूसरा प्रपाठक।

भगवान् शाकायन्य प्रसन्न होकर राजा से कहने लगे "हे महाराज बृहद्रथ! तू इक्ष्वाकु वंश के ध्वजशीर्ष का पुत्र है, तू कृत कृत्य है और 'मरुत' नाम से प्रसिद्ध है। आत्मा कैसा है, उसका मैं वर्णन करता हूँ, वह तू श्रवण कर [१] यह प्राणात्मा बाह्येन्द्रियों के रोधन करने रूप योग से ऊर्ध्व गति करने वाला, दुःख से रहित और तम का नाश करने वाला है। यह आत्मा जीव भाव में से छूट कर शिव भाव को प्राप्त होकर अपने तेज से प्रकाशित होता है। यह आत्मा अमृत रूप, अभय रूप और ब्रह्म रूप है [२] हे राजन्! भगवान् मैत्रेय ने ब्रह्म विद्या रूप उपनिषदों का जो हम से वर्णन किया है सो मैं तुझसे कहूँगा। पाप से रहित, उत्कृष्ट तेज वाले और ऊर्ध्वरेता ब्रह्मचारी वालखिल्य नाम के मुनि कहलाते हैं वे एक समय प्रजापति के पास जाकर कहने लगे 'हे भगवन्! गाड़ी के समान यह शरीर अचेतन है, ऐसे शरीर को प्रेरणा करने वाला कौन है? सो आप हमसे कहो' तब भगवान् ब्रह्मा ने कहा [३] 'जो ऊर्ध्व भाग में रहने वाला कहलाता है वह ही शुद्ध, पूत, शान्त, प्राण रहित, मन रहित, अनन्त, अक्षय, स्थिर, शाश्वत, अज, स्वतन्त्र और जो अपनी महिमा में रहता है, उससे यह शरीर चेतन समान होता

है, वह ही इस शरीर को प्रेरणा करने वाला है।, तब वालखिल्य कहने लगे 'हे भगवन्! इस इच्छा से रहित ने इस चेतन वाले शरीर को क्यों प्रेरणा की? इस शरीर को प्रेरणा करने वाला किस प्रकार है सो कहो' प्रजापति कहने लगे [४] 'यह आत्मा सूक्ष्म, अग्राह्य, अदृश्य, पुरुष संज्ञा वाला, अपने अंश से बुद्धि पूर्वक आवर्तन करने वाला, सुषुप्त को बुद्धि पूर्वक जाग्रत करने वाला, जो चेतन मात्र है उसका यह निश्चय करके अंश है। सब शरीरों में क्षेत्रज्ञ रूप से रहने वाला, संकल्प, निश्चय और अभिमान वाला, प्रजापति रूप और सर्वत्र द्रष्टा रूप है इस प्रकार के चेतन ने इस शरीर को चेतन वाला किया है, इसलिये वह प्रेरणा करने वाला कहलाता है।' तब मुनि ने कहा 'जो आत्मा सूक्ष्मादि स्वरूप वाला है, उसको अपने अंश से बर्ताव किस प्रकार संभवे?, भगवान् प्रजापति ने कहा [५] आद्य में मात्र प्रजापति था, उसको अकेले न सुहाया तब उसने आत्मा का ध्यान करके अनेक प्रकार की प्रजा उत्पन्न की। उत्पन्न की हुई इस प्रजा को ज्ञान रहित प्राण से रहित और स्थाणु की समान स्थिर देखा इसलिये उसको ठीक नहीं लगा। प्रजापति ने विचार किया कि मैं उसमें प्रवेश करके उसको चेतना युक्त करूं, इसलिये उसने वायु रूप बनकर प्रजा में प्रवेश किया। उसने एक रूप से प्रवेश नहीं किया परन्तु पांच प्रकार का होकर प्रवेश किया। ये पांच वायु प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान हैं [६] जो ऊर्ध्व गति करता है सो प्राण है, जो नीचे गति करता है सो अपान

Scanned by CamScanner

वायु है, जो स्थूल अन्न को अपान में योजता है और सब अंग में वायु को सम भाग में रखता है, उसको समान कहते है, जो जल को और अन्न को ऊपर नीचे ले जाता है, उसको उदान कहते हैं। जो नाड़ियों में व्याप्त होकर रहता है उसको व्यान कहते है [७] अन्तर्यामी अदृश्य प्राणवायु उपांशु—व्याप्त होकर रहने वाले प्राण वायु को अभिभव करता है। इन दोनों प्राण वायु के मध्य में जो मांस वत् उष्णता है, वह ही पुरुष रूप है, वही वैश्वानर अग्नि है; ऐसा अन्यत्र भी कहा है। उससे जिस अन्न का भक्षण किया जाता है, वह पाचन होता है। जब कान को दाब देते हैं तब जो घोष सुनने में आता है, वह उसका ही है। जब यह प्राणात्मा शरीर में से जाता है तब घोष सुना नहीं जाता। [८] यह आत्मा अपने मनोमय, प्राण, शरीर बहु रूप, सत्य संकल्प और आत्मा पांच प्रकार से विभक्त करके हृदयाकाश में रहता है। हृदयाकाश में रहने से वह मनोमयादिको को अकृतार्थ मानने लगा। वह अपने पांच द्वारों को भेदन करके प्रगट होता है और पांच रश्मि रूप इन्द्रियों से विषयों का भक्षण करता है। इसमें बुद्धि इन्द्रियादि रश्मि रूप हैं, कर्मेन्द्रियां अश्व रूप हैं, शरीर रथ रूप है, मन शारथी रूप है और स्वभाव चाबुक रूप है। इस प्रकार प्रेरित हुआ शरीर चक्र के समान घूमा करता है। मरने के पीछे शरीर चेतन वाला नहीं दीखता इसलिये आत्मा को शरीर का प्रेरक कहा है [९] यह आत्मा शरीर के वश में हो इस प्रकार शुभाशुभ कर्म के फल से अभिभव को प्राप्त हुआ

हो इस प्रकार सब शरीरों में संचार करता है। अव्यक्त, सूक्ष्म, अदृश्य, अग्राह्य और ममता से रहित होने से सब प्रकार अवस्थाओं से रहित और कर्तृत्वभाव से रहित है तो भी कर्तारूप हो ऐसे रहता है। [१०] आत्मा, शुद्ध, स्थिर, अचल, संग रहित, दुःख रहित, स्पृहा रहित द्रष्टा रूप रहता है, और अपने चरित्रों को भोगता हुआ गुण रूप वस्त्र से वेष्टित होकर रहता है [११]

तीसरा प्रपाठक।

वालखिल्य कहने लगे 'हे भगवन्! आप आत्मा की महिमा इस प्रकार कहते हैं तब शुभाशुभ कर्म फल से अभिभव को प्राप्त होने वाला और इसीसे सत् असत् योनियों को प्राप्त होने वाला आत्मा क्या कोई और है? सुख दुःखादि द्वन्द्व वाली ऊंच नीच गति में यह कौन भ्रमण करता है?' ऐसा प्रश्न सुनकर प्रजापति ने कहा ॥ १ ॥ "दूसरा भूतात्मा है जो शुभाशुभ कर्म के फल से अभिभव को प्राप्त होकर सत् असत् योनियों को प्राप्त होता है और सुख दुःखादि द्वन्द्व भाव से अभिभव को प्राप्त होकर ऊंच नीच गति में भ्रमण करता है। यह भूतात्मा इस प्रकार है:—भूत शब्द से पांच तन्मात्रायें कही हैं।

भूत शब्द से पांच महाभूत कहे जाते हैं, इन पंच महाभूतों के समुदाय को शरीर कहते हैं। यह जो शरीर है उसीको भूतात्मा कहते हैं। इसमें रहने वाला आत्मा कमल पर जलकी बिन्दु

Scanned by CamScanner

समान रहता है। यह अपने प्राकृत गुणों से अभिभव को प्राप्त होता है इसी से मोह को प्राप्त होता है और मोह से आत्मा में रहने वाले कर्ता रूप प्रभु भगवान् को नहीं देखता, गुणों के समूह से तृप्त, पापयुक्त, अस्थिर, चंचल, लालसायुक्त, स्पृहावाला, व्यग्र, अभिमान को प्राप्त और इसलिये 'यह वह और मेरा' इत्यादि भाव वाला होकर जिस प्रकार पक्षी जाल से बन्धन में पड़ता है इसी प्रकार अपने को आप ही बाँधता है और किये हुए कर्मों का फल भोगता हुआ भ्रमता है ॥ २॥ और अन्यत्र कहा है कि जो कर्ता है वह ही भूतात्मा है, वह इन्द्रियों से कर्मों का कराने वाला अन्तः पुरुष है। जैसे लोह पिंड अग्नि से आवृत होकर कर्ता से कूटा जाता है तब विविध भाव को प्राप्त होता है। इस प्रकार अन्तः पुरुष से आवृत हुआ गुणों से दबा हुआ विविध भाव को प्राप्त होता है। चौरासी लक्ष योनियों में परिणत होने वाला त्रिगुणात्मक भूतात्मा होता है, यह ही उसके विविध प्रकार के रूप हैं। जैसे चक्र का चलाने वाला चक्र को प्रेरता है वैसे पुरुष इन गुणों का प्रेरक है। जैसे लोह पिंड को कूटने से उसमें रहने वाले अग्नि का पराभव नहीं होता वैसे ही पुरुष का अभिभव नहीं होता परन्तु भूतात्मा का संसर्ग के दोष से अभिभव होता है ॥ ३॥ इस शरीर का उद्भव मैथुन से है, यह शरीर चेतन रहित है, नरक रूप है, मूत्र द्वार से बाहर निकलता है, हड्डियों से बनता है, मांस से वेष्टित होता है, चर्म से बँधा होता हैं और विष्ठा, मूत्र, पित्त, कफ,

मज्जा मेद, बसा और अन्य बहुत मलों से पूर्ण एक भण्डार के समान है ॥४॥ संमोह, भय, विषाद, निद्रा, तन्द्रा, व्रण, जरा, शोक, क्षुधा, पिपासा, कृपणता, क्रोध नास्तिक्यता, अज्ञान, मत्सर, क्रूरता, मूढ़ता, निर्लज्जता शठता, उद्धतपना, असमता आदिक गुण यह भूतात्मा (शरीर) तामस गुण युक्त होने से होते हैं। तृष्णा, स्नेह, राग लोभ, हिंसा रति और देखने में आसक्ति, ईर्षा, कामना चंचलता, हरण करने की इच्छा, अर्थ प्राप्ति करना मित्र में अनुग्रह, परिग्रह, आश्रय, इन्द्रियों के अनिष्ट विषयों में द्वेष, इष्ट विषयों में प्रीति, इस प्रकार के अनेक राजस गुणों से भूतात्मा परिपूर्ण होता है इसलिये इन गुणों से अभिभव को प्राप्त हुआ अनेक रूपों को प्राप्त होता है" ॥५॥

चौथा प्रपाठक।

नैष्ठिक ब्रह्मचारी वालखिल्य अति आश्चर्य को प्राप्त हो कहने लगे, "हे भगवन्! आपको नमस्कार है, हमको उपदेश दीजिये। आपके सिवाय हमको अन्य आश्रय नहीं है। भूतात्माओं में से कौन पुरुष इस सबको त्याग कर सायुज्यता को प्राप्त होता है?" तब शाकायन्य कहने लगे [१] "जैसे महानदीमें विवर्त होता है तैसे इन भूतात्मा को पूर्वके कर्म होते हैं, जो अवश्य भोगने पड़ते हैं। जैसे समुद्र का किनारा अवश्य है तैसे भूतात्मा को मृत्यु की प्राप्ति अवश्य होती है। जैसे पशु रस्सी से बांधा जाता है तैसे शुभाशुभ कर्मों से यह भूतात्मा बंधन को प्राप्त होता है।

Scanned by CamScanner

जेलखानेमें पड़े हुए जन्तु की समान अस्वतन्त्र होता है। यम के राज्य में रहता हो इस प्रकार वह अत्यन्त भय युक्त होता है। जैसे कोई मदिरा पीकर उन्मत्त हुआ हो ऐसे सुख रूप मदिरा से उन्मत्त हो जाता है। दुष्टों से घिर गया हो ऐसे भटकता है। महा सर्पसे काटे हुए के समान विपत्ति से दुखी होता है। महा अन्धकार में हो ऐसे राग से अन्ध होजाता है। जादू की समान मायामय होता है। स्वप्न की समान मिथ्या देखता है। केले के वृक्ष के समान सार रहित होता है। नट के समान क्षण क्षण में वेष बदलने वाला होता है। दीवार के ऊपर चित्र के समान मिथ्या सुन्दर है। शब्द स्पर्शादि सब विषय अनर्थ रूप हैं। इनमें आसक्त भूतात्मा परम पद का स्मरण नहीं करता [२] इस भूतात्मा के तैर जाने का उपाय इस प्रकार है:— विद्या की प्राप्ति रूप धर्म का आचरण करना, अपने आश्रम के अनुसार रहना। वह अपने धर्म से ही सबका धारण करता है, अन्य सब (धर्मरूप) स्तम्भकी शाखाके समान है स्वयंही ऊर्ध्व गति को प्राप्त होते हैं यानी उनका धारण होता है। ऐसा न करने से वे सब नीचे गिरते हैं। यह स्वधर्म वेद में कहा हुआ है इसका उल्लंघन करने वाला आश्रमी नहीं कहलाता। जो अपने आश्रम धर्म को आचरता है उसी को तपस्वी कहते हैं। जो तपस्वी नहीं होता उसको आत्म ध्यान की प्राप्ति अर्थात् कर्म शुद्धि नहीं होती। तप से सत्त्व की शुद्ध बुद्धि की प्राप्ति होती है, सत्त्वसे मन यानी (प्रयत्न की) वृत्ति की प्राप्ति होती है, मन से आत्मा की प्राप्ति

होती है और आत्म साक्षात्कार होने से संसार चक्र से निवृत्त होता है इन [३] श्लोकों में कहा है कि जैसे लकड़ी विना अग्नि शान्त यानी अपनी प्रकृति में लय हो जाती है तैसे वृत्ति का क्षय होने से चित्त अपनी मूल प्रकृति में लय हो जाता है (१) जिनका चित्त अपने कारण में लय हो जाता है उनका मन इन्द्रियों के विषयों में मोह को नहीं प्राप्त होता। उन सत्य कामियों के मन की वृत्तियां केवल प्रारब्ध के अनुसार उठती हैं इसलिये वे मिथ्या हैं (२) चित्त ही संसार है, प्रयत्न करके उनका शोधन करना चाहिये, क्योंकि जैसा चित्त होता है वैसा ही वह बन जाता है यह ही सनातन रहस्य है (३) चित्त की कृपा से शुभाशुभ कर्मों का नाश होता है, प्रसन्नात्मा में रह कर ही अव्यय सुख की प्राप्ति करता है (४) प्राणी का चित्त जिस प्रकार विषयों में आसक्त होता है यदि ऐसा ही ब्रह्म में आसक्त हो तो कौन मनुष्य बन्धन से मुक्त न हो (५) मन दो प्रकार का है शुद्ध और अशुद्ध। कामना युक्त मन अशुद्ध और कामना रहित मन शुद्ध कहलाता है (६) मन को लय और विक्षेप से रहित और भली प्रकार स्थिर करे, जब मन अमन बन जाता है तब परम पद की प्राप्ति होती है (७) जब तक मन के संकल्पों का क्षय न हो तब तक मन को हृदय में रोका करे, यह ही ज्ञान और मोक्ष है अन्य सब ग्रन्थ का विस्तार रूप है (८) समाधि से जिसका मल दूर हो जाता है, ऐसे मन को आत्मा में युक्त करने से जो सुख होता है उसका वर्णन वाणी से करना अशक्य है,

Scanned by CamScanner

वह स्वयं अन्तःकरण से ग्राह्य है (९) जैसे जल में जल, अग्नि में अग्नि और आकाश में आकाश एकत्र हुआ देखने में नहीं आता इसी प्रकार जब चित्त का लय होता है तब पुरुष मोक्ष भाव को प्राप्त होता है (१०) मनुष्य का मन ही बंधन और मोक्ष में कारण है, जब मन विषयों में आसक्त होता है तब बंधन को प्राप्त होता है और जब विषयों से रहित होता है तब मुक्त होता है। (११)

कौत्सायनि ने ब्रह्म की इस प्रकार स्तुति की है :—तू ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, प्रजापति, अग्नि, वरुण, वायु, इन्द्र और चन्द्र रूप है। (१२) तू मनु, यम, पृथ्वी, अच्युत स्वार्थ तथा स्वाभाविक अर्थ में और बहुत रूप से स्वर्ग में रहता है (१३) हे विश्वेश्वर! तुझे नमस्कार है, तू विश्वात्मा, विश्व के कर्म करने वाला, विश्व का भोक्ता, विश्व की माया वाला विश्व क्रीड़ा-प्रिय और व्यापक है। (१४) शांतात्मा, ऐसे तुझे नमस्कार है, अत्यंत गुह्य ऐसे तुझे नमस्कार है। अचिंत्य, अप्रमेय, आदि और अंत से रहित ऐसे तुझे नमस्कार है। (१५) [४]

प्रथम केवल तम ही था यह तम पुरुष से प्रेरित होकर विषमता को प्राप्त होता है इससे रज रूप होता है। इस रजस में प्रेरणा होती है तब विषम भाव को प्राप्त होता है यह तम का रूप है। इस तम में प्रेरणा होने से उसमें से सत्व रूप प्रगट होता है, इस सत्य गुण में जब प्रेरणा की जाती है तब वह अंश

रूप से प्रगट होता है। यह अंश चेतन मात्र, सब पुरुषों में क्षेत्रज्ञ रुप और संकल्प, प्रयास, अभिमान रूप प्रजापति है। उसका प्रथम का शरीर इस प्रकार है :—ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र। जो राजस अंश रूप है सो ब्रह्मा, तमका अंश रूप रुद्र, और सत्त्व का अंश रूप विष्णु, इस प्रकार एक प्रजापति तीन रूप से, आठ रूप से, एकादश रूप से, द्वादश रूप से और अनेक रूप से हुआ है जो प्रगट हुए सब प्राणियों में रहता है, वह सब प्राणियों का आधार रूप और अधिपति रूप है। यह आत्मा भीतर और बाहर सब स्थानों में व्यापक है। [५]

पांचवां प्रपाठक।

जो प्रथम एक था सो दो प्रकार का हुआ, प्राण और आदित्य। ये दोनों पांच प्रकार के होकर रात्रि दिन, भीतर और बाहर सर्वत्र व्याप रहे हैं। आदित्य बहिरात्मा है अन्तरात्मा प्राण है अन्तरात्मा की गति से बहिरात्मा का अनुमान होता है। गति क्या है सो कहते हैं। जो कोई विद्वान् है, जिसका पाप नाश हो गया है, जो श्रेष्ठ है, जो शुद्ध मन वाला है, ब्रह्म में निष्ठा वाला है और जिसने चक्षु बंद किये हैं ऐसा; अन्तरात्मा की गति से बहिरात्मा का स्थूल वस्तु का अनुमान बांधता है, इसको गति कहते हैं। जो इस आदित्य में हिरण्यमय पुरुष रूप से मेरा दर्शन करता है वह हृदय कमल ही में रह कर, हिरण्यगर्भ के समान भोगों को

Scanned by CamScanner

भोगता है। (१) जो अन्तरात्मा हृदय कमल में रहता है और अन्न का भक्षण करता है यानी भोग भोगता है, सो ही अग्नि रूप है स्वर्ग में रहता है, सौर रूप है, कालरूप है अदृश्य रूप है और सब प्राणियों के अन्न का भक्षण करता है। कमल किसको कहते हैं और वह क्या है? जो आकाश रूप है सो कमल है, इसकी ये चार दिशा और उपदिशा हैं। यही अग्नि प्राचीन है, प्राण और आदित्य इससे इधर है। व्याहृति के गायत्री युक्त ॐकार अक्षर से इनकी उपासना करे। (२) ब्रह्म के दो स्वरूप हैं मूर्त और अमूर्त। जो मूर्त स्वरूप है सो असत्य हैं, जो अमूर्त हैं वही सत्य है, वह ब्रह्म है। जो ब्रह्म है वही ज्योति रूप है जो ज्योति रूप है वही आदित्य रूप है और वही ॐकार रूप है। उसने अपने आत्मा को तीन प्रकार से व्यक्त किया है। इसलिये ॐकार तीन मात्रा वाला है इन मात्राओंसे सब जगत् व्याप्त है। आदित्य का ॐकार रूप से ध्यान करे और उसमें आत्मा को लगावे (३) और कहा है जो उद्गीथ है सो ही प्रणव है, प्रणव ही उन्दीथ है आदित्य और उद्गीथ यह ही प्रणव है। इस उद्गीथको प्रणवरूप प्रेरक, नाम और रूप वाला, निद्रा रहित और जरा रहित, मृत्यु से रहित और पांच प्रकार का जाने। आकाश में उनकी स्थिति है। ऊर्ध्व मूल वाला, ब्रह्म तक शाखा वाला, आकाश, वायु, अग्नि, उदक और भूमि आदि रूप, एक रूप होकर सर्वत्र व्यापक और ब्रह्म रूप है। यह आदित्य ॐकार के विषे है। इससे ॐकार की निरंतर उपासना करे। इसको रस रूप जो जानता

है कि यह अक्षर पुण्य रूप है, इस प्रकार जान कर जिसकी जो कामना होती है वह पूर्ण होती है (४) और कहा है कि इस प्रजापतिका ॐकार इस अक्षरसे नाद वाला शरीर है, स्त्री पुमान् और नपुंसक से लिंग वाला, अग्नि वायु और आदित्य से प्रकाश वाला विष्णु और रुद्र से अधिपति रूप, गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनी से मुख रूप, ऋक् यजुः और साम से विज्ञान रूप, भूः भुवः और स्वः से लोक वाला, भूत भविष्य और वर्तमान से काल वाला और प्राण अग्नि और सूर्य से प्रताप वाला है। अन्न जल और चन्द्र से पोषण करने वाला, और मन बुद्धि अहंकार से चेतन वाला, प्राण अपान और व्यान से प्राण वाला है। कितनेक कहते हैं कि प्रजापति ऐसा कहते हैं कि अमुक शरीर का मैं त्याग करता हूँ इसलिये प्रस्तोता रूप से वह शरीर धारण किया हुआ है। ये ही, हे सत्य काम, पर और अपर रूप है जो ॐकार रूप है। (५) यह सब सत्य रूप से था, प्रजापति तपश्चर्या करके भूर्भुवः और स्वः बोले। यह प्रजापति का स्थूल अथवा लोक वाला शरीर है। स्वः यह प्रजापति का मस्तक है. भूः नाभि रूप और भुवः पाद रूप है। इस व्यापक पुरुष के चक्षु आदित्य रूप हैं ॐकार की मात्रायें महत् अहंकार में रहती हैं। चक्षु से यह प्रजापति मात्रा में संचार करता है। सत्य ही चक्षु हैं इस चक्षु में रहने वाला पुरुष सब विषयों में व्यक्त होता है इसलिये भूर्भुवः और स्वः रूप से उसकी उपासना करे। अन्न ही प्रजापति और विश्वात्मा रूप है।

Scanned by CamScanner

आदित्य की समान इस विश्वात्मा की उपासना होती है यह शरीर प्रजापति और विश्व रूप है और सर्वत्र रहता है इस शरीर में सब और सब में यह शरीर रहता है। इसलिये इस प्रजापति के शरीर की उपासना करे। (६) **तत्सवितुवरेण्यं** इस चरण में सविता को आदित्य भगवान् समझो ब्रह्मवादी कहते हैं कि आत्मा की कामना से याचना करने को यह कहा है। **भर्गो देवस्य धीमहि** इस चरण के लिये ब्रह्मवादी कहते हैं कि हम किस का चिन्तवन करते हैं कि जो सविता रूप से स्थित कर रहा है उसके तेज को। **धियो योनः प्रचोदयात्** इस चरण से ब्रह्मवादी कहते हैं कि हमारी बुद्धि वें विषे तुम प्रेरणा करो तारक रूप, चक्षु रूप, इस आदित्य में जो भर्ग रहता है, उसकी हम उपासना करते हैं, कान्ति से जिसकी गति सर्वत्र है, उसको भर्ग कहते हैं अथवा जो सबको तपावे उसको भर्ग कहते हैं। भर्ग यह ही रुद्र है। ब्रह्मवादी कहते हैं कि भर्ग अर्थात् जो सर्व लोकों को प्रकाशता है वह भर्ग, भूतमात्र को जो रंजन करता है वह भर्ग है। इस प्रजा का जिसमें गमन होने के पीछे आना नहीं होता, इस प्रकार रक्षा करने वाला होने से उसको भर्ग कहते हैं। शत्रु को तपाने वाला होने से उसको सूर्य, उत्पन्न करने से सविता, दान अर्थात् इच्छा पूर्ण करने से आदित्य, पवित्र करने वाला होने से पावमान और सुपुप्त को उठाने वाला होने से आदित्य कहते हैं। सत् होने से आत्मा अमृत रूप कह-

लाता है। सो ही आत्मा मनन करने वाला, गमन वाला, खिसकने वाला, आनन्द प्राप्त करने वाला, कर्त्ता, वक्ता, स्वाद लेने वाला, सूंघने वाला, स्पर्श करने वाला और सब के शरीर में रहता है। जब आत्मा में द्वैत ज्ञान होता है सब वह सुनता है देखता है सूंघता हैं चखता है और स्पर्श करता है और इस प्रकार आत्मा सब जानता है जब अद्वैत भान हो जाता है तब आत्मा कार्य कारण से मुक्त है, वर्णन न हो ऐसा है, उपमा से रहित है, उसकी वाचा क्या है ? (७) यह आत्मा ईशान, शंभु रूप, भव रूप, रुद्र रूप, प्रजापति रूप, विश्व कर्ता रूप, हिरण्य-गर्भ, सत्य, प्राण, हंस, शांत, विष्णु, नारायण, अर्क, सविता, धाता, साम्राट् इन्द्र और इन्दु रूप से है। अग्नि से आवृत्त होकर वही प्रकाशता है; सहस्राक्षि रूप से, हिरण्य-मय रूप से और आनन्द रूप से उसे जानना चाहिये और ध्यान करना चाहिए। सब प्राणी मात्र को अभय देकर मनुष्यको अरण्य में जाकर सब इन्द्रियों के विषयों को अपने शरीरसे बाहर निकाले। इस प्रकार करनेसे परमात्माका साक्षात्कार होता है वह विश्वरूप है, पापों का हरण करनेवाला, जातवेदस् अंतिम गतिरूप, ज्योति, एक, प्रकाशरूप, सहस्र रश्मि रूप, अनेक रूप से स्थिति कर्ता और प्रजा का प्राण रूप है, यह ही सूर्य उदय को प्राप्त होता है।

॥ इति मैत्रायणी उपनिषत् समाप्त ॥

वेदान्त

Scanned by CamScanner

योग शिखोपनिषत् ।

[३९]

'सब जीव सुख दुःख और मायाजाल से घिरे हुए हैं, हे शंकर, उनकी मुक्ति किस प्रकार होगी, हे देव, कृपा करके कहिये ॥ १ ॥ सर्वसिद्धि करने वाला माया जाल का काटने वाला, जन्म, मृत्यु, जरा और व्याधि का नाश करने वाला और सुख देने वाला कोई मार्ग कहिये' ॥ २ ॥ इस प्रकार हिरण्य-गर्भ ने पूछा तब महेश्वर ने कहा, कैवल्य परमपद नाना मार्गों से प्राप्त होना कठिन है ॥ ३ ॥ हे ब्रह्मा, वह सिद्धि मार्ग से प्राप्त होता है अन्य मार्ग से नहीं; शास्त्रजाल में उनकी बुद्धि फँसी हुई हैं इसलिये वे मोह को प्राप्त होते हैं ॥ ४ ॥ स्वात्म प्रकाश रूप, कला रहित, मल रहित, शान्त, सबसे परे और उपद्रव रहित ऐसा कैवल्यपद शास्त्र द्वारा कैसे प्रकाशित होगा ॥ ५॥ वह जीवरूप से पुण्य-पाप के फल द्वारा आवृत्त है। परमात्पद नित्य है, वह तत्त्वातीत है सर्व भावों से परे है, ज्ञान रूप और निरंजन है। ऐसा कैवल्य पद, जीव भाव को कैसे प्राप्त हुआ, हे देव यह कृपा करके कहिये ॥ ६-७ ॥ अपने में (कैवल्यपद में) वायु के समान स्फुरण हुआ, यही अहंकार उत्पन्न हुआ; तथा पंच भूतात्मक सप्त धातुओं (रक्तमांस अस्थि आदि) से युक्त और गुणात्मक ऐसा देह उत्पन्न हुआ ॥ ८ ॥ सुख दुःख से

और जीव भाव से युक्त होने से उस विशुद्ध परमात्मा में होवे जीव कहलाते हैं ॥ ९ ॥ काम क्रोध, भय, मोह, लोभ, चंचलता, जन्म, मृत्यु, कृपणता, शोक, आलस्य भूख, प्यास ॥ १० ॥ तृष्णा, लज्जा, भय, दुःख विवाद और हर्ष इन दोषों से मुक्त होने पर जीव शिव कहलाता है ॥ ११ ॥ इसलिये दोष नाश करने के लिये मैं तुझसे उपाय कहता हूँ। कोई ज्ञान को उपाय रूप कहते हैं परन्तु केवल ज्ञान से सिद्धि नहीं होती ॥ १२ ॥ हे ब्रह्मा, इस संसार में योग रहित ज्ञान किस प्रकार मोक्ष देने वाला होगा और ज्ञान रहित योग भी मोक्ष के लिये असमर्थ हैं ॥ १३ ॥ इसलिये मुमुक्षु ज्ञान और योग का दृढ अभ्यास करे। प्रथम ज्ञान के स्वरूप को जाने (क्योंकि) वही एक ज्ञान का साधन है ॥ १४ ॥ वैसे ही मुमुक्षु विचार करे कि अज्ञान किस प्रकार का है। जिसने अपना स्वरूप कैवल्य परमपद जान लिया है ॥ १५ ॥ वह काम, क्रोध, भय आदि दोषों से रहित है। सर्व दोषों से युक्त जीव ज्ञान से किस तरह मुक्त हो जायगा ? ॥ १६ ॥ (यदि कहो कि) आत्मरूप ज्ञान जब पूर्ण और व्यापक है तब काम क्रोध, आदि दोष भी स्वरूप से भिन्न नहीं है ॥ १७ ॥ फिर उसके लिये विधि क्यों और निषेध भी क्यों ? संसार भ्रम से रहित विवेकी मुक्त है ॥१८॥ (तो) हे ब्रह्मन्, वास्तविक वह परिपूर्ण स्वरूप सफल और निष्कल है; और पूर्ण होने से वह ही ॥ १९ ॥ भेदभाव का स्फुरण होने से निष्कल, निर्मल, प्रत्यक्ष परिपूर्ण तथा आकाश

Scanned by CamScanner

के समान व्यापक होते हुए भी उत्पति स्थिति संहार की गति के ज्ञान से रहित हुआ संसार भ्रम को प्राप्त होता है। इस रूप को प्राप्त हुआ वह विद्या को छोड़—कर हे महाबाहो, किस प्रकार मोह सागर में बार बार डूबता रहता है और संसारी लोगों के समान सुख दुःख मोह में गोते खाता है॥ २०-२१-२२॥ यदि ज्ञानी भी इसी प्रकार वासाना से युक्त ही रहे तो दोनों में विशेष (भेद) क्या रहा संसार भावना दोनों की एक सी ही रही॥२३॥ इस प्रकार के जानने (ही) को यदि ज्ञान कहे तो अज्ञान और कैसा होता है? (इसलिये) कोई ज्ञाननिष्ठ विरक्त धर्मज्ञ और विजितेन्द्रिय भी हो॥ २४॥ देह के योग के विना हे ब्रह्मन्! वह मोक्ष को प्राप्त नहीं होता।

देही दो प्रकार के होते हैं; एक अपक और दूसरे परिपक्व॥२५॥ योग रहित देही अपक है और योग किये हुए पक्व है (क्योंकि) योगाग्नि से उसका सर्व देह अजड़ यानी चेतन और शोक रहित हो जाता है॥ २६॥ पृथ्वी का अंश जिसमें अधिक है उसको जड़ कहते हैं ऐसा देह अपक्व और दुःखदायी होता है। ध्यान में बैठा हुआ भी वह इन्द्रियों से व्याकुल होता है॥ २७॥ उनको बहुत २ रोकने पर, शीत, उष्ण, सुख, दुःख आदि मानसिक-व्याधियों से व्याकुल होता है॥ २८॥ और भी जब नाना प्रकार के जीव द्वारा, शस्त्र अग्नि जल या पवन द्वारा शरीर को पीड़ा पहुंचती है, तब मन भी उस समय क्षोभको प्राप्त होता है॥२९॥ वैसे ही प्राण निकलने के समय वायु का क्षोभ होता है और

इस करके सैकड़ों दुःख से युक्त होकर चित्त क्षोभ को प्राप्त होता है॥ ३०॥ देह छूटने के समय चित्त जो जो भावना करेगा उस उस गति को प्राप्त होगा—यही जन्म का कारण है॥ ३१॥ देह का नाश होने पर कौनसा जन्म होगा यह मनुष्य नहीं जानते इसलिये जीव का ज्ञान और वैराग्य केवल श्रम ही है॥ ३२॥ जो चींटी भी काट जाय तो ध्यान से चलित हो जाता है, उसको मरण समय अनेक बिच्छू काटते हैं तब किस प्रकार सुखी रह सकता है॥ ३३॥ इसलिये, मिथ्या तर्क से युक्त मूढ़ मनुष्य इस बात को नहीं जानते कि जिसका अहंकार नष्ट हुआ है उसका॥ ३४॥ देह भी नष्ट होता है फिर उसको रोग, जल अग्नि, शस्त्र घात आदि की पीड़ा किस प्रकार होगी॥ ३५॥ जब २ क्षीण हुआ अहंकार पुनः पुष्ट होजाता है, तब २ रोग आदि प्रवृत्त होकर इस द्वारा उसका नाश करते हैं॥ ३६॥ कारण के विना कार्य कभी भी विद्यमान नहीं होता वैसे ही विना अहंकार के देह में दुःख कैसे हो॥ ३७॥ शरीर ने सबको जीत लिया है और योगियों ने शरीर को जीत लिया है वह सुख दुःख आदि फल उनको किस प्रकार प्रदान कर सकते हैं॥ ३८॥ जिसने इन्द्रिय. मन, बुद्धि और काम क्रोधादि जीत लिये उसने सब कुछ जीत लिया इसको किसी से भी बाधा नहीं पहुंचती॥ ३९॥ जिसने महाभूत और तत्त्वों का क्रम से संहार किया है और सप्त धातु वाला देह योगाग्नि द्वारा धीरे २ जला दिया है॥४०॥ नाना शक्ति युक्त, भेद बंध से विमुक्त महाबल शाली ऐसे

Scanned by CamScanner

श्रेष्ठ योगी के देहको देवता भी नहीं जान सकते ॥ ४१ ॥ उसका देह आकाश के समान है वा आकाश से भी निर्मल है। उसको सूक्ष्म से भी अति सूक्ष्म स्थूल से स्थूल और जड़ से जड़ समझो ॥ ४२ ॥ क्योंकि योगीन्द्र अपने इच्छानुसार रूप धारण करके स्वतंत्र अजर और अमर होकर तीनों लोकों में जहां तहां लीला से क्रीड़ा करता है ॥ ४३ ॥ विजितेन्द्रिय और अचित्य शक्ति वाला योगी नाना प्रकार के रूप धारण कर सकता है और पुनः अपनी इच्छा से उनका संहार भी कर सकता है ॥ ४४ ॥ योगबल के होने से योगी फिर मृत्यु को प्राप्त नहीं होता; हठ (योग) से वह मरा हुआ ही है; मरे हुए का और मरण कहां से होगा ॥ ४५ ॥ जहां सब मरे हुए हैं वहां यह भली प्रकार जीता है और जहां मूढ़ जीते हैं वहां यह मरा हुआ है ॥ ४६ ॥ उसको कुछ भी कर्त्तव्य नहीं है और कुछ कर्म करे तो उसको उसका लेप भी नहीं होता। वह जीवन्मुक्त है सदा स्वच्छ है और सर्व दोषोंसे रहित है ॥ ४७ ॥ और जो ज्ञानी तथा विरक्त होते हुए देह से सदा जीते हुए हैं ऐसे वे मांस पिंड वाले कुदेही किस प्रकार योगी के समान हो सकते हैं ॥ ४८ ॥ देह छूटने पर ज्ञानियों को पुण्य पाप का फल मिलता है ऐसा हो तो उसका भोग होने पर ज्ञानी को पुनः जन्म मिलेगा ॥ ४९ ॥ पश्चात् पुण्य से उसको सिद्ध की संगति होती है, फिर सिद्ध की कृपा से वह योगी होता है अन्यथा नहीं ॥ ५० ॥ तब ही संसार (संसरण) नष्ट होता है—शिवभाषित मिथ्या नहीं

होता —हे ब्रह्मा, योगरहित ज्ञान मोक्षदायी नहीं होता ॥५१॥ विना ज्ञान के योग की सिद्धि कभी नहीं होती, ज्ञान से अनेक जन्मों के पश्चात् योग की प्राप्ति होती है ॥५२॥ परन्तु योग से एक ही जन्म में ज्ञान हो जाता है इसलिये मोक्ष देने वाला योग को छोड़कर और कोई मार्ग नहीं है ॥ ५३ ॥ ज्ञान का बहुत काल तक विचार करके मैं मुक्त हूँ ऐसी भावना करता है। भावना करने से क्या वह तत्काल मुक्त हो जाता है ॥५४॥ अन्य सैकड़ों जन्मों के पश्चात् योग ही से वह मुक्त होता है। इस प्रकार योग से वारम्वार जन्म मरण नहीं होता ॥ ५५ ॥ प्राण और अपान के योग से चन्द्र सूर्य की एकता होवे और सप्तधातु वाला देह उस अग्नि द्वारा परिपूर्ण होवे ॥ ५६ ॥ तब उसकी सब व्याधियां जल अग्नि, शस्त्र आदि की बाधा नष्ट हो जाती हैं तब यह देही परम आकाशरूप रह जाता है ॥ ५७ ॥ अधिक क्या कहना, उसका मृत्यु ही नहीं होता; जले हुए कपूर के समान वह देही हो ऐसा लोक में प्रतीत होता है ॥ ५८ ॥ सब जीवों के चित्त, प्राण से बंधे हुए हैं। जैसे रस्सी से पक्षी बंधा हुआ होता है; मन भी वैसा ही बंधा हुआ है ॥ ५९ ॥ नाना प्रकार के विचारों से भी मन जीता नहीं जाता; इसलिये उसको जीतने का उपाय एक प्राण ही है अन्य कोई उपाय नहीं है ॥ ६० ॥

सिद्धि योग के विना तर्क से, वाद विवाद से, शास्त्रों से युक्तियों से, मंत्र और औषधियों से, हे ब्रह्म, प्राण वश नहीं होता ॥ ६१ ॥ उस उपाय को (सिद्धि योग को) न जानकर जो

Scanned by CamScanner

योग मार्ग में प्रवृत्त होता है उसको अल्प ज्ञान के कारण अधिक क्लेश ही होता है ॥ ६२ ॥ जो पवन को न जीतते हुए मोह से योगियों के योग की इच्छा करता है वह (मानो) कच्चे घड़े पर चढ़ कर समुद्र को पार करना चाहता है ॥ ६३ ॥ जिस साधक के जीवित रहते हुए प्राण भीतर विलीन होगया हो और पिंड (शरीर) नहीं गिरे, उसका चित्त दोषों से रहित होजाता है ॥ ६४ ॥ चित्त शुद्ध होने पर उसका आत्मज्ञान प्रकाशित होता है, इस प्रकार हे ब्रह्मा योग से एक ही जन्म में ज्ञान होजाता है ॥ ६५ ॥ इसलिये प्रथम साधक उस योग का सदा अभ्यास करे । मुमुक्षुओं को भी मोक्ष के लिये प्राण का जय करना चाहिये ॥ ६६ ॥ क्योंकि योग से बढ़ कर पुण्य नहीं है, योग से बढ़ कर कल्याण नहीं है, योग से अधिक कुछ सूक्ष्म नहीं है योग से बढ़कर कुछ भी नहीं है ॥ ६७ ॥ प्राण और अपानकी एकता, अपने रज और वीर्य की एकता, सूर्य और चन्द्रमा का संयोग, जीवात्मा और परमात्मा का संयोग ॥ ६८ ॥ इस प्रकार के द्वन्द्वों का संयोग योग कहलाता है । अब मैं सब ज्ञानों में उत्तम योग शिखा का वर्णन करता हूँ ॥ ६९ ॥

जब मंत्र का ध्यान किया जाता है तब शरीर में कंप होता है, इसलिये पद्मासन अथवा अन्य आसन, जिसमें रुचि हो, बांध कर ॥ ७० ॥ नासा के अग्रभाग में दृष्टि लगा कर हाथ और पैरों को मिला कर, मन को सब तरफ से रोकते हुए वहाँ ॐकार का चिंतन (ध्यान) करे ॥ ७१ ॥ प्राज्ञ हमेशा परमेश्वर को हृदय

में रख कर ध्यान करे, एक स्तम्भ वाले नौ द्वार वाले तीन कड़ी वाले और पांच देवता वाले ॥ ७२ ॥ ऐसे शरीर में बुद्धिमान लक्ष्य न दें । आदित्य मंडल के आकार वाला किरणों की ज्वाला से युक्त ॥ ७३ ॥ उस (ॐकार) के मध्य में दीपशिखा (दीपक की बत्ती) के समान अग्नि को प्रज्वलित करे । जितना दीपशिखा का परिमाण है उतने परिमाण की ज्योति का परमेश्वरका ध्यान करे ॥ ७४ ॥ योगी लोग, पश्चात् योगाभ्यास से सूर्य का भेदन करते हैं, सुषुम्ना के परमशुभ्र द्वितीय द्वार से ॥ ७५ ॥ कपाल संपुट का पान करके उससे उस परमपद को देखता है । परन्तु जीव आलस से या प्रमाद से ध्यान नहीं करता ॥ ७६ ॥ यदि तीनों काल कपाल संपुट का पान करे तो महान् पुण्य को प्राप्त करता है, इस पुण्य को प्राप्त करके मैंने संक्षेप से कहा है ॥ ७७ ॥ योग का लाभ होने पर प्रसन्न हुए परमेश्वर को जानता है, तब उनके सहस्र जन्मों का पाप क्षीण हो जाता है ॥ ७८ ॥ और योग से संसार के संपूर्ण उच्छेद [नाश] को देखता है ।

अब मैं योगाभ्यास के लक्षण कहता हूं ॥ ७९ ॥ जिसने प्राण जय कर लिया है ऐसे गुरु का सदा सेवन करे गुरु के वचन प्रसाद से बुद्धिमान प्राण का जय करे ॥ ८० ॥ एक वालिश्त लम्बा और चार अंगुल चौड़ा, शुभ्र और कोमल, लपेटने के वस्त्र के समान (कन्द होता है) ॥८१॥ (उसमें) प्राण को दृढ़ता पूर्वक रोक कर शक्ति चालन युक्ति से आठ वार कुण्डलाकार होकर रही हुई कुण्डली को सीधी करे ॥ ८२ ॥ गुदा का संकोच

Scanned by CamScanner

करते हुए कुण्डली को चलावे, तव मृत्यु के चक्र में भी फंसे हुए योगी को भी मृत्यु का भय कहां ॥ ८३ ॥ यह परम गुह्य मैंने तुझसे कहा है—(और) वज्रासन लगा कर नित्य ऊर्ध्व आकुंचन करने का अभ्यास करे ॥ ८४ ॥ वायु प्रज्वलित किये हुए अग्नि से रात दिन कुण्डली को तपावे । अग्नि से संतप्त हुई, तीनों लोकों को मोहने वाली वह जीव शक्ति ॥ ८५ ॥ मेरुदण्ड में सुषुम्ना के मुख से प्रवेश करती हुई अग्नि युक्त वायु से ब्रह्म-ग्रन्थि का भेदन करती है ॥८६॥ पश्चात् विष्णुग्रन्थि का भेदन करके रुद्र ग्रन्थि में स्थित रहती है, तब वारम्वार पूरक करते हुए दृढ़ कुम्भक युक्त ॥ ८७ ॥ सूर्य भेदन उज्जाई शीतली और भस्त्रा इन चार कुम्भकों का अभ्यास करें ॥ ८८ ॥ तीन वंधों से युक्त ये कुम्भक केवल कुम्भक को प्राप्त कराते हैं । अव इनके लक्षण संक्षेप से भली प्रकार कहता हूँ ॥ ८९ ॥ निर्जन देश में अकेला जाकर हलका भोजन करता हुआ, धैर्य पूर्वक, संसार रोग को निवारण करने वाली अद्वितीय औषधि के समान जो परमार्थ तत्त्व रूप और अमृतरूप है ऐसा प्राण जय करे ॥ ९० ॥ योगाभ्यासी सूर्य नाड़ी से वायु का आकर्षण कर, विधिवत् कुम्भक करके चन्द्रनाड़ी से रेचन करे ॥ ९१ ॥ यह उदर के रोगों को और कृमिदोष को दूरकरता है । ऊपर लिखा हुआ सूर्य भेदन वार २ करना चाहिए ॥ ९२ ॥ दोनों नाड़ियों से वायु आकर्षण करके बुद्धिमान उसको कुण्डली के वाजू में ले जाकर उदर में धारण करे फिर बुद्धिमान इडा से रेचन करे ॥ ९३ ॥ कंठ के कफ

आदि दोषों को दूर करने वाला, शरीर की अग्नि बढ़ाने वाला, नाड़ी जल का नाश करने वाला और धातु गत दोषों को दूर करने वाला ॥९४॥ यह उज्जाई कुंभक चलते बैठते हर हालत में करना चाहिये । मुख से वायु का ग्रहण करके नाक से रेचन करे ॥९५॥ यह शीतलीकरण पित्त और क्षुधातृषा को दूर करता है । छाती से लुहार की धोंकनी के समान वेगपूर्वक ॥ ९६ ॥ देह को श्रम मालूम होने तक बुद्धिमान वायु का रेचक पूरक करे । जब श्रम प्रतीत होने लगे तब सूर्य से पूरक करे ॥ ९७ ॥ कण्ठ का संकोच करके फिर चन्द्र से रेचन करे । वात, पित्त कफ का नाश करने वाला शरीर की अग्नि को बढ़ाने वाला॥९८॥ कुंडली का बोधन कराने वाला मुख के दोषों को दूर करने वाला सुखकर और शुभ कर ब्रह्मनाड़ी के मुख में स्थित कफ आदि की रुकावटें दूर करने वाला ॥९९॥ भली प्रकार से बंध सहित करने से तीनों ग्रन्थियों का भेदन करने वाला यह भस्त्रिका कुंभक विशेष करके करना चाहिये ॥१००॥

अब यथा क्रम से तीनों बंधों को कहता हूं । उनके नित्य करनेसे वायुका जय होता है ॥१०१॥चारों प्रकारके कुंभक करते समय तीनोबंध करना चाहिए(वह किसप्रकार करना)सो मैं कहता हूँ ॥१०२॥पहिला मूलबंध दूसरा उड्डियानबंध और तीसरा जालंधर बंध है । उनके लक्षण कहता हूं ॥ १०३ ॥ एडी से गुदा को दबा कर उसका (गुदा का) बल से बारंवार आकुंचन करे, जिस करके वायु ऊपर चला जाय ॥ १०४॥ प्राण और अपान, तथा

Scanned by CamScanner

नाद और विंदु मूल बंध से एकता को प्राप्त होकर संसिद्धि को देता है इसमें कुछ भी संदेह नहीं ॥१०५॥ कुंभक के अन्त में और रेचक के आदि में उड्डियान वंध करना चाहिये जिससे प्राण सुषुम्ना में उड़ता है (गमन करता है) ॥ १०६ ॥ इसीलिये योगी इसको उड्डियान कहते हैं। गुरु का कथन है कि उड्डियान का सदा स्वभाविकता से ॥ १०७ ॥ आलस रहित अभ्यास करने से वृद्ध भी तरुण होजाता है। नाभी के ऊपर और नीचे भी प्रयत्न से तान रखे यानी खिचाव रखे ॥१०८॥ जो इसका छःमास अभ्यास करे वह मृत्यु को भी जीत लेता है इसमें संशय नहीं है। पूरक के अन्त में जालंधर नामक बंध करना चाहिये ॥१०९॥ इसमें कंठ का संकोच किया जाने से यह वायु के मार्ग को रोकने वाला है। कंठ का आकुंचन करके इच्छा से (प्रयत्न से) दृढ़ता पूर्वक हृदय में स्थापन करे ॥११०॥ यह जालन्धर वंध अमृत की प्राप्ति कराने वाला है। नीचे से जरा आकुंचन करते हुए कंठ के संकोचन करने से ॥१११॥ तथा पश्चिमतान से प्राण नाड़ी में जाने लगता है। वज्रासन लगाये हुए कुण्डली को चालन कर, योगी ॥११२॥ पश्चात् भस्त्रा को करे और कुण्डलनी को जगावे। जैसे गरम लोहे की छड़ से बाँस की गांठों का भेदन होता है ॥११३॥ इसी प्रकार मेरुदंड में प्राण से ग्रन्थियों का भेदन होता है। तव चींटी लगने के समान वहां खुजली होती है ॥११४॥ सदा अभ्यास करने से इस प्रकार वायु से खुजली मालूम होती है तब रुद्र ग्रन्थि का भेदन करके शिव रूप हो

जाता है ॥ ११५ ॥ चन्द्र सूर्य को समान करने से उन दोनों का योग होता है। तीनों ग्रन्थियों का भेदन करने से योगी तीनों गुणों से अतीत हो जाता है ॥ ११६ ॥ शिव और शक्ति के संयोग में वह परम श्रेष्ठ अवस्था प्राप्त होती है। जैसे हाथी सूंड़ से सदा पानी पिया करता है ॥ ११७ ॥ इसी प्रकार सुषुम्ना वज्रनाल से (ब्रह्म नाड़ी से) वायु को ग्रहण करती है। वज्र दण्ड से उत्पन्न इक्कीस मणि होते हैं ॥ ११८ ॥ वह सब सुषुम्ना में रहे हुए हैं जैसे सूत्र में मणि होते हैं। मोक्ष मार्ग में स्थित होने से सुषुम्ना विश्वरूपिणी है ॥ ११९ ॥

निश्चित काल तक चन्द्र सूर्य के निबंधन से पूरक करके कुम्भक किया हुआ वायु साधक के बाहर नहीं जाता ॥ १२० ॥ इसी तरह से पश्चिम द्वार के लक्षण वाला वायु बार वार पूर्ण किया हुआ उन द्वारों से किंचित् कुम्भकत्व को प्राप्त होता है ॥ १२१ ॥ पश्चिम मार्ग से वायु सर्व गात्रों में प्रवेश करता है। रेचन करने से वह क्षीण होता है और पूरक करने से पोषित होता है ॥ १२२ ॥ शरीर सहित मन जहांसे उत्पन्न होता है, वहीं उसे योग बल से जो लीन कर देता है, वही एक मुक्त है, अहंकार रहित और सुखी है। जो केवल खाने ही से गरज रखते हैं ऐसे मूर्ख इस बात को नहीं जानते ॥ १२३ ॥ यदि चित्त का नाश प्रतीत होवे तो वहां प्राण का भी नाश होता है। ऐसा यदि न होवे तो उसके लिये न शास्त्र है, न अनुभव, न गुरु

Scanned by CamScanner

हैं, न मोक्ष ॥ १२४ ॥ जिस प्रकार जौंक स्वयं बल से रुधिर को खींचती है इसी प्रकार योग के सतत अभ्यास से ब्रह्मनाड़ी धातुओं को खींचती हैं ॥ १२५ ॥ आसन बंध के नित्य अभ्यास योग से चित्त लीन हो जाता है और बिंदु नीचे को नहीं जाता ॥ १२६ ॥ तथा रेचक और पूरक को छोड़कर प्राण स्थिर होता है, तब नाना प्रकार के नाद प्रवृत्त होते हैं और चंद्रमण्डल (से अमृत) टपकने लगता है ॥ १२७ ॥ तब भूख प्यास आदि सर्व दोष नष्ट हो जाते हैं, केवल सच्चिदानन्द में उसकी स्थिति हो जाती है ॥ १२८ ॥ तेरी प्रीति के अर्थ यह अभ्यास का वर्णन किया है।

मंत्र, लय, हठ और राजयोग यह क्रमशः अन्तर्भूमिकाएं हैं ॥ १२९ ॥ एक ही महायोग इस प्रकार के चार भेद से कहा जाता है। (प्राण हकार से बाहर जाता है, सकार से फिर भीतर चला जाता है ॥ १३० ॥ इस प्रकार 'हंस हंस' यह सब जीव जपते रहते हैं। गुरु वाक्य से सुषुम्ना में यह जप उलटा होने लगता है ॥ १३१ ॥ इसीको सोहं सोहं मंत्र कहते हैं, इसीको मंत्र योग कहते हैं। मंत्र योग से पश्चिम मार्ग में प्रतीत होने लगती है ॥ १३२ ॥ सूर्य को हकार कहते हैं, सकार चन्द्रमा कहलाता है। और सूर्य चन्द्र की एकता को हठ कहते हैं ॥१३३॥ सर्व दोषों द्वारा उत्पन्न हुई जड़ता हठ से नाश हो जाती है। जब क्षेत्रज्ञ और परमात्मा इन दोनों की एकता होजाती है ॥१३४॥ हे ब्रह्मन्, उनकी एकता होने पर चित्त विलीन होजाता है और

लय योग का प्रारम्भ होते ही प्राण स्थिरता को प्राप्त होते हैं॥१३५॥ लय होने पर सुखरूप और स्वरूपानन्दरूप परमपद प्राप्त होता है। महाक्षेत्रके योनि मध्य में तथा जपापुष्प या बंधूक पुष्प के समान (रक्तवर्ण)॥१३६॥जीवों का रज रहताहै यही ढका हुआ दैवी तत्त्व है। रजके और रेतके योगको राजयोगकहते हैं ॥१३७॥राजयोगसे योगी अणिमादि सिद्धियां प्राप्त करके विराजता है। प्राण और अपान का योग ही योग चतुष्टय जानो ॥ १३८ ॥ यह हे ब्रह्मन्, तुझको संक्षेपसे कहा है। शिवकथन मिथ्या नहीं होता। अभ्यास द्वारा क्रम से प्राप्य वस्तु पाई जाती है, अन्यथा नहीं ॥ १३९ ॥ योगी एक ही शरीरसे धीरे-धीरे दीर्घकाल तक के योगाभ्यास द्वारा मुक्ति को प्राप्त होता है; बंदर के समान ही यह बात है (बंदर एक शाखा से दूसरी शाख के प्रति ऐसे क्रम से पेड़ की चोटी पर चढ़ जाता है) ॥१४०॥ प्रमाद से यदि योग सिद्ध के पूर्व ही देह का नाश हो जाय, तो पूर्व वासना से युक्त होने के कारण उसको दूसरा शरीर प्राप्त होता है ॥ १४१ ॥ तब पुण्य बल से सिद्ध गुरु की संगति पाता है। पश्चिम द्वार मार्ग से फल तुरन्त प्राप्त होता है ॥१४२॥ पूर्व जन्म में अभ्यास किया हुआ होने से उसको तुरन्त फलकी प्राति होती है। यही जानने योग्य है इसको काकमत कहते हैं ॥१४३॥ काकमत के अभ्यास योग से अन्य और कोई श्रेष्ठ योग नहीं है, इसीसे मुक्ति प्राप्त होती है। शिव भाषित मिथ्या नहीं होता ॥१४४॥ हठ योग क्रम से उसकी पराकाष्ठा रूप जीव लयादि जिसने न किया हो, उसको मोक्ष

Scanned by CamScanner

नहीं होता, क्योंकि यह प्रसिद्ध है कि पश्चिम मार्ग के बिना मोक्ष लाभ नहीं होता ॥१४५॥ (इस योग में) प्रथम रोग नष्ट हो जाते हैं पीछे शरीर की जड़ता दूर होती है, तब चन्द्र समरस होकर सदा बरसता रहता है ॥१४६॥ पवन से अग्नि चारों ओर से धातुओं को खींचता है तब शरीर में कोमलता आजाती है और नाना नाद प्रवृत्त होते हैं ॥१४७॥ वृष्टि आदि जनित जड़ता को जीत कर वह योगी खेचर यानी आकाश में चलने वाला हो जाता है, पवन के समान वेग वाला, सर्वज्ञ और सुन्दर रूप वाला हो जाता है ॥१४८॥ वह तीनों लोकों में क्रीड़ा करता है और उसमें सब सिद्धियां उत्पन्न होजाती हैं। कपूर के लीन हो जाने पर उसमें फिर कठिनता कहां ? ॥ १४९ ॥ वैसे ही अहंकार के नाश होने पर (योगी के देह में) कठिनता कहांसे रहे? वह सर्वकर्ता, स्वतन्त्र और अनन्त रूप वाला ॥१५०॥ महायोगी जीता हुआ भी मुक्त ही है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

इस जगत में सिद्धियां दो प्रकार की होती हैं, एक कल्पित और दूसरी अकल्पित ॥१५१॥ रस, औषधि और नाना प्रकार की क्रियाओं के साथ मन्त्र अभ्यास के साधन से जो सिद्धियां प्राप्त होती हैं वे कल्पित कही जाती हैं ॥१५२॥ वे साधन द्वारा उत्पन्न हुई सिद्धियां अनित्य और अल्प शक्ति वाली होती हैं। ऐसे ही बिना साधन के स्वभाव ही के उत्पन्न हुई सिद्धियां होती हैं ॥१५३॥ अपने आत्मा के योग में निष्ठा रखने वालों में स्वतन्त्रता से ईश्वर को प्रिय ऐसी सिद्धियां उत्पन्न होती हैं, वे

अकल्पित कही जाती है ॥ १५४ ॥ वासना रहित (योगियों) में महा शक्ति वाली अपने योग से उत्पन्न हुई, इच्छा रूप सिद्धियां चिर काल के अभ्यास से उत्पन्न होती हैं ॥ १५५ ॥ परन्तु अव्यय ऐसे परमात्म पद के योग के लिये उन सिद्धियों को सदा तृप्त रखना चाहिये। विना कार्य के सदा गुप्त रहना यही योग सिद्ध का लक्षण है ॥ १५६ ॥ आकाश मार्ग से जाने वाले पथिक को मार्ग में जैसे अनेक तीर्थ और नाना मार्ग नजर आते हैं वैसी ही नाना प्रकार की सिद्धियां हैं ॥ १५७ ॥ लाभ हानि से रहित निर्वासन योगी को योग मार्ग में चलते हुए नाना प्रकार की सिद्धियां प्राप्त होती हैं ॥ १५८ ॥ परीक्षक सुवर्णकार जैसे सुवर्ण की परीक्षा करता है वैसे सिद्धियों से सिद्ध और जीवन्मुक्त को पहचानना चाहिये ॥ १५९ ॥ कभी उसके अलौकिक गुण अवश्य दिखाई देते हैं परन्तु जिसकी सिद्धियां चली गई हों ऐसे पुरुष को वद्ध ही समझो ॥ १६० ॥ जिसकी देह जरा रहित अमर है वही जीवन्मुक्त है और वे पशु पक्षी, कीटक (के समान) हैं जो मृत्यु को प्राप्त होते हैं ॥ १६१ ॥ उनको, हे ब्रह्मन् ! क्या शरीर नष्ट होने के पश्चात् मुक्ति मिलती है ? उनके प्राण ही वाहर नहीं निकलते तो शरीर कहां से गिरेगा ? ॥ १६२ ॥ शरीर के पतन से जो मुक्ति हो वह मुक्ति नहीं मृत्यु है। देह को ब्रह्मत्व प्राप्त होने पर जैसे जल में नमक ॥ १६३ ॥ अनन्यता को प्राप्त होता है, (वैसे ही देह और ब्रह्म अनन्यताको प्राप्त होने पर) उसको मुक्त कहते हैं, शरीर और इन्द्रियां उससे वैसे ही अभिन्न

Scanned by CamScanner

हैं ॥ १६४ ॥ ब्रह्म देहत्व को वैसे ही प्राप्त होता है जैसे जल बबूले बन जाय। दस द्वार वाले नगर के समान दस नाड़ी रूप जिसमें मार्ग हैं ऐसे, ॥ १६५ ॥ दस वायुओं से युक्त, दस इन्द्रियों के परिवार वाले, छः आधाररूप निवास स्थान वाले, छः अन्वयरूप महा वन वाले ॥ १६६ ॥ चार पीठों से युक्त, चार वेद रूप दीपक वाले, विन्दु नाद और महत लिंग वाले; शिव शक्ति के निवास स्थान रूप ॥ १६७ ॥ देह को शिवालय कहते हैं, यही सब देहधारियों को सिद्धि देने वाला है। गुदा और मेढ़ के बीच में त्रिकोणाकार मूलाधार चक्र है ॥ १६८ ॥ जीव रूप वह स्थान बोला जाता है, यहीं पर कुण्डलिनी नाम की परा शक्ति प्रतिष्ठित है ॥ १६९ ॥ यही स्थान है जिससे वायु उत्पन्न होता है, जिससे अग्नि उत्पन्न होता है, जिससे बिन्दु और नाद उत्पन्न होते हैं ॥ १७० ॥ और जिससे हंस और मन उत्पन्न होते है, ऐसा यह काम रूप नाम का पीठ सर्व कामनाओं को पूर्ण करने वाला है ॥ १७१ ॥ छः पखुरीवाला स्वाधिष्ठान नामक चक्र लिंग मूलमें है। दस पखुरीवाला मणिपूरक चक्र नाभी देश में स्थित है ॥ १७२ ॥ बारह पखुरीवाला अनाहत नाम का महान् चक्र हृदय में स्थित है। हे ब्रह्मा यही वह ब्रह्मागिरी नाम की पीठ हैं ॥ १७३ ॥ कंठ कूप में सोलह पखुरीवाला विशुद्ध नामक चक्र है जालंधर नाम की पीठ, हे सुरेश्वर यहां पर स्थित है ॥ १७४ ॥ भ्रूमध्य में दो दल वाला आज्ञा नाम का उत्तम चक्र है, इसके ऊपर उड्डयान नामक महापीठ प्रतिष्ठित है ॥ १७५ ॥

चार पखुरीवाला पृथ्वी का मंडप है, उसका अधिदेवता ब्रह्म है। अर्ध चन्द्राकार जल का मंडल है यहां विष्णु अधिदेव हैं ॥१७६॥ त्रिकोणाकार मंडल अग्नि का है, उसका अधिदेवता रुद्र हैं, वायु का बिंव त्रिकोण वाला है ईश्वर उसका अधिदेवता है ॥ १७७ ॥ आकाश का मंडल वर्तुलाकार है इसका देवता सदाशिव है। नाद रूप मन का मंडल भ्रूमध्य में है, ऐसा जानते हैं ॥ १७८ ॥

॥ इति प्रथमोऽध्याय ॥

हे शंकर, मैं योगके महात्म्य को फिर सुनना चाहता हूँ जिसके जानने ही से खेचरी समान अवस्था प्राप्त होती हैं ॥१॥(शंकरनेकहा) हे ब्रह्मन्, प्रयत्न से गुप्त रखने के योग्य बात कहता हूँ सो श्रवण कर। जोबारह वर्ष तक प्रमादरहित सेवा करे ॥२॥ उस दमनशील ब्रह्मचारी को यह यथार्थ रूप से बताना चाहिये। पांडित्य बताने के लिये, धन के लोभ से अथवा प्रमाद से किसी को नहीं देना चाहिये ॥ ३ ॥ उसने सब कुछ पढ़ लिया और सुन लिया और सबका अनुष्ठान कर लिया जो विद्वान् गुरु के बताए हुए मूल मंत्र को जानता है ॥ ४ ॥ मूलाधार से उत्पन्न हुआ शिव शक्तिमय मंत्र है। उस मंत्र के, हे ब्रह्मन्, श्रोता और वक्ता दोनों दुर्लभ हैं ॥ ५ ॥ इसको पीठ कहते हैं। यह चिदात्मक और नादलिंग रूप है इसके अनुभव मात्र से मनुष्य जीवन्मुक्त होजाता है ॥६॥ और अल्प काल में अणिमादि सिद्धियां उसको प्राप्त होती हैं। मेरे स्वरूप का मनन, ध्यान तथा मेरे स्वरूप का बोध करता है

Scanned by CamScanner

इसलिये ॥ ७ ॥ इसको मंत्र कहते है। अथवा, हे ब्रह्मन्, मेरा अधिष्ठान होने से अथवा सर्व मन्त्रों का मूल होने से, मूलाधार से उत्पन्न होने से और ॥ ८ ॥ मूल स्वरूप का चिह्न होने से इसको मूल मंत्र कहते हैं। सूक्ष्म होने से, कारण होने से तथा उसमें सबका लय वा गमन होने से ॥ ९ ॥ तथा यह परमेश्वर का लक्षण होने से इसको लिंग कहते हैं। सब जन्तुओं के सदा समीप और व्यापक होने से ॥ १० ॥ तथा रूप का सूचन करने वाला होने से उसको सूत्र कहते हैं। महामाया, महालक्ष्मी, महादेवी सरस्वती रूप ॥ ११ ॥ अव्यक्त आधार शक्ति जिससे विश्व चलता है, सूक्ष्म तेज युक्त बिंदुरूप से और पीठरूप से रहती है ॥ १२ ॥ बिंदुपीठ का भेदन करने से नादलिंग उत्पन्न होता है, हे ब्रह्मन्, जिसका षण्मुखी क्रिया द्वारा प्राण से उच्चारण किया जाता है ॥ १३ ॥ गुरु के उपदेश के अनुसार, ब्रह्म के स्थूल सूक्ष्म और कारण तीनों शरीर सहज में प्रकाशित होते हैं ॥ १४ ॥ पंच ब्रह्ममय स्थूल रूप को विराट् कहते हैं। नादमय और बीजत्रयात्मक सूक्ष्म को हिरण्यगर्भ कहते हैं ॥ १५ ॥ परब्रह्म, परम सत्य सच्चिदानन्द लक्षण वाला, अपरिमेय, जिसका निर्देश हो न सके ऐसा इन्द्रिय और मनका अविषय ॥ १६ ॥ शुद्ध सूक्ष्म निराकार निर्विकार निरंजन अनन्त, परिच्छेद रहित, उपमा रहित उपद्रव रहित ॥ १७ ॥ ऐसा परम तत्त्व आत्म मंत्र के सदा अभ्यास करने से प्रकाशित होता है। उसके प्रकट होने के चिह्न रूप सिद्धि द्वार मुझसे श्रवण कर ॥ १८ ॥ सदा युक्त योगी को प्रकाशमान

दीपज्वाला, चन्द्र, खद्योत (पटबीजना), बिजली और नक्षत्र ये सूक्ष्म रूप से दिखाई देते हैं ॥१९॥ शीघ्र ही उसको अणिमादि ऐश्वर्य प्राप्त होता है। नाद से श्रेष्ठ मंत्र नहीं है, आत्मा से श्रेष्ठ कोई देव नहीं है ॥ २० ॥ अनुसंधान से बढ़ कर कोई पूजा नहीं है, तृप्ति से श्रेष्ठ कोई सुख नहीं है। यह सिद्धि चाहने वाले को प्रयत्न से गुप्त रखना चाहिये। मेरा भक्त इसको जान कर कृत कृत्य और सुखी होजाता है ॥ २१ ॥ जिसकी देव में परमभक्ति है और जैसी देव में है वैसी ही गुरु में है, उसी महात्मा को ऊपर कहे हुए अर्थ प्रकाशित होते हैं ॥ २२ ॥

॥ इति द्वितीय अध्याय ॥

जो नमस्कार करने योग्य है, जो चित् रूप है, जो सिद्धियों का कारण है, जिसके जानने मात्र ही से जन्म के बन्धन से जीव छूट जाता है ॥ १ ॥ ऐसे अक्षर और परम नाद को शब्द ब्रह्म कहते हैं। मूलाधार चक्र में रही हुई बिंदुरूपिणी शक्ति अपने आधार में होती है ॥ २ ॥ सूक्ष्म बीज में से जिस प्रकार अंकुर उत्पन्न होता है इस प्रकार बिंदुरूपिणी शक्ति में से नाद उत्पन्न होता है उसको पश्यन्ति कहते हैं, क्योंकि योगी लोग इसी शक्ति से विश्व को देखते हैं ॥ ३ ॥ हृदय में मेघ की गर्जना के समान बड़ी ध्वनि होती है, वहां, हे ब्रह्मन् जो शक्ति होती है उसको मध्यमा कहते हैं ॥ ४ ॥ प्राण के योग से स्वर रूप से प्रकट होने वाली वैखरी शक्ति है तालु आदि स्थानों के स्पर्श से

Scanned by CamScanner

शाखा पत्तों के समान वह नाना अक्षरों के रूप से प्रकट होती है ॥ ५ ॥ इस प्रकार 'अ' से लेकर 'क्ष' तक के सब अक्षरों का उच्चारण होता है। अक्षरों से पद और पदों से वाक्य होते हैं ॥ ६ ॥ मंत्र वेद और शास्त्र सब पुराण तथा कल्प और नाना भाषाएं सब वाक्यमय ही होते हैं ॥ ७ ॥ सात स्वर तथा गाथाएं यह सब नाद ही से उत्पन्न होते हैं (इसलिये) सब प्राणियों के हृदय में रही हुई यह सरस्वती देवी है ॥ ८ ॥ प्राण और अग्नि की प्रेरणा से धीरे धीरे यही विवर्त रूप होकर पद और वाक्य रूप से वर्तती हैं ॥ ९ ॥ जो योगी इस वैखरी शक्ति को अपने में देखता है, वह सरस्वती के प्रसाद से वाक्-सिद्धि को प्राप्त करता है ॥ १० ॥ वह स्वयं वेद, शास्त्र और पुराणों का कर्त्ता बनता है। जहां विंदु, नाद, चन्द्र, सूर्य, अग्नि, वायु ॥ ११ ॥ और सब इन्द्रियां लय को प्राप्त होती हैं, हे सुव्रत, जहां प्राण लीन हो जाते हैं मन भी लीन हो जाता है ॥ १२ ॥ जिसको प्राप्त करने पर उससे अधिक प्राप्त करने योग्य कुछ भी नहीं मानता, जिसमें स्थिति हुआ महात्मा महान् दुःख से भी विचलित नहीं होता ॥ १३ ॥ जहां योगाभ्यास द्वारा निरोध को प्राप्त हुआ चित्त उपराम को प्राप्त होता है और जहां आत्मा ही से आत्मा को देखकर योगी संतोष को प्राप्त होता है ॥ १४ ॥ जो इन्द्रियातीत और बुद्धि से ही ग्रहण करने योग्य ऐसा आत्यंतिक सुखरूप है उसको क्षर और अक्षर से परे ऐसा (परम) अक्षर कहते हैं ॥ १५ ॥ सब भूत प्राणियों को क्षर और सूत्रात्मा को

अक्षर कहते हैं और निर्विशेष निरंजन परब्रह्म को परम अक्षर कहते है ॥ १६ ॥ वह लक्षण रहित, अलक्ष्य और अतर्क्य है, उपमा रहित है, उसका पारावार नहीं है, उसका छेदन नहीं हो सकता, तथा उसका चिन्तवन नहीं हो सकता और वह परम निर्मल है ॥ १७ ॥ वह सब भूतों का आधार है, उसका कोई आधार नहीं है। वह निर्दोष और प्रमाण रहित है, उसको कोई बता नहीं सकता, उसका कोई माप नहीं है और वह इन्द्रियों से परे है ॥ १८ ॥ वह स्थूल नहीं है, सूक्ष्म भी नहीं है, ह्रस्व या दीर्घ नहीं है। वह अजन्मा और नाश रहित है। वह शब्द, स्पर्श, रूप या आंख, कान तथा नाम से रहित है ॥ १९ ॥ वह सबको जानने वाला है, सब स्थान पर उसकी गति है। वह शान्त है और सब प्राणियों के हृदय में रहा हुआ है। गुरू के वाक्य से वह सहज जाना जाता है और भाव हीन मनुष्य उसको बड़ी कठिनाई से जानने पाता है ॥ २० ॥ वह कला रहित और गुण रहित है शान्त और निर्विकार है, वह आश्रय रहित निलप नाश रहित कूटस्थ अचल और ध्रुव है ॥ २१ ॥ वह अंधेरे के परे रहा हुआ है और ज्योति की भी ज्योति है। वह भाव और अभाव से रहित केवल भावना गोचर है ॥ २२ ॥ चित्त को अन्तरलीन करके भक्ति युक्त होकर उस परम तत्त्व को पाया जाता है। इसमें, हे ब्रह्मन्, भावना ही केवल कारण है ॥ २३ ॥ जैसे दूसरे देह की प्राप्ति में मनुष्य को भावना कारण होती है, जिस प्रकार विषय का ध्यान करने वाले का मन

Scanned by CamScanner

विषय में रमता रहता है ॥ २४ ॥ वैसे ही मेरा अनुस्मरण करने वाले का चित्त मुझमें ही विलीन हो जाता है सर्वज्ञता परमेश्वरत्व तथा सब प्रकार की सम्पूर्ण शक्तियां ॥ २५ ॥ तथा अनंत शक्तियां मेरे अनुस्मरण से प्राप्त होती है।

॥ इति तीसरा अध्याय ॥

चैतन्य के एक रूप होने के कारण कहीं भी भेद का मानना युक्त नहीं है। रज्जु में सर्प का भ्रम होता है. वैसा ही जीव भाव समझो ॥ १ ॥ रज्जु के अज्ञान से क्षण में ही जैसे रज्जु सर्पिणी भासने लगती है वैसे ही अज्ञान से साक्षात् एक चिति ही विश्व रूप से भासती है ॥ २ ॥ प्रपंच के उपादान कारण ब्रह्म को छोड़ कर और कुछ भी नहीं है, इसलिये यह सब प्रपंच ब्रह्म ही है, और कुछ नहीं है ॥ ३ ॥ सब कुछ आत्मा ही है, इस उपदेश द्वारा व्याप्य व्यापक भाव मिथ्या होजाता है। इस प्रकार अद्वैत परम तत्त्व को जानने पर भेद को स्थान ही कहां ? ॥ ४ ॥ परमात्मा परब्रह्म से सब उत्पन्न होते है, इसलिये यह सब ब्रह्म ही है ऐसा चिन्तन करो ॥ ५ ॥ सब नाम, नाना प्रकार के रूप तथा सब कर्म ब्रह्म ही धारण करता है ऐसा समझो ॥ ६ ॥ सुवर्ण से उत्पन्न हुई वस्तु सदा सुवर्ण ही होती है वैसे ही ब्रह्म से उत्पन्न हुआ विश्व सदा ब्रह्म स्वरूप ही है ॥ ७ ॥ जो जीवत्मा और परमात्मा में अल्प भी भेद मानता है उस विमूढ़ आत्मा को भय की प्राप्ति होती है ऐसा (श्रुति का) कथन है ॥ ८ अज्ञान

से द्वैत भासता है तब अन्य को देखने लगता है। आत्म दृष्टि से देखा जाय तो यह सब (जगत) आत्मा से भिन्न कुछ भी नहीं है ॥ ९ ॥ इस लोक का अनुभव होता है, यहां व्यवहार भी होता है तो भी जागने के उत्तर क्षण में स्वप्न जैसा असत् होजाता है, वैसे यह सब असद्रूप ही है ॥१०॥ स्वप्न में जाग्रत नहीं होता, और जाग्रत में स्वप्न नहीं होता। यह दोनों लय में नहीं होते और इन दोनों में लय नहीं होता ॥११॥ तीनों गुणों से उत्पन्न हुई यह तीनों अवस्थायें मिथ्या हैं; इनका द्रष्टा गुणातीत और नित्य ऐसा चैतन्य है ॥ १२ ॥ जिस प्रकार मिट्टी में घट की भ्रान्ति होती है; सीपी में चांदी होती है वैसा ही ब्रह्म में जीव भाव है। उसको विचारपूर्वक देखने से वह नष्ट हो जाता है ॥ १३ ॥ जैसे मृतिकामें घट होता है, कनक में कुण्डल का कथन होता है, सीपी को रजत कहा जाता है, वैसा जीव भी कथन मात्र है ॥ १४ ॥ जिस प्रकार आकाश में नीलता होती है मरुभूमि में जल होता है, स्थाणु (ठूंठ) में पुरुष की भ्रान्ति होती है, वैसा ही चेतन्य में यह विश्व है ॥ १५ ॥ जैसे शून्य में वैताल या गन्धर्व नगर मिथ्या होता है, जिस प्रकार आकाश में (नेत्र दोष से) दो चन्द्र भासते हैं वैसे ही सत्य (ब्रह्म) में जगत भासता है ॥ १६॥ जिस प्रकार तरंग और लहरों में जल ही जल स्फुरता है, घट नाम से जैसे मिट्टी ही वर्तती है या पट नाम से तन्तु ही रहते हैं ॥१७॥ वैसे ही जगत के नाम से चिति ही प्रकाशती है। सब कुछ केवल ब्रह्म ही है। जिस प्रकार बन्ध्यापुत्र कोई वस्तु

Scanned by CamScanner

नहीं है या मरुभूमि में जल नहीं होता ॥ १८ ॥ जिस प्रकार आकाश में वृक्ष होता ही नहीं, वैसे ही जगत की स्थिति है ही नहीं। घट का ग्रहण करने पर जैसे बलात्कार से मिट्टी ही नजर आती है ॥ १९ ॥ प्रपंच को विस्तार पूर्वक देखा जाय तो प्रकाश स्वरूप ब्रह्म ही दीखता है। आत्मा सदा विशुद्ध है तो भी वह अशुद्ध भासता है, ॥२०॥ जिस प्रकार रज्जु ज्ञानी को और अज्ञानी को सदा दो प्रकार से भासती है। जिस प्रकार घड़ा मिट्टी ही है वैसे देह भी चैतन्य ही है ॥ २१ ॥ विद्वान् लोग आत्मा और अनात्मा का विवेक वृथा ही करते हैं। जैसे रस्सी को सर्प रूप से और सीपी को रजत रूप से देखा जाय ॥ २२ ॥ वैसे ही मूढ़ मनुष्य आत्मा को देह रूप से देखता है, मिट्टी को घट रूप से, मरुभूमि को जल रूप से देखता है ॥२३॥ काठ को घर रूप से और लोहे को तलवार रूप से देखा जाय वैसे ही मूढ़ जन आत्मा को देह रूप से देखते हैं ॥ २४ ॥

॥ इति चतुर्थ अध्याय ॥

फिर मैं तुमसे ब्रह्मस्वरूप के गुह्य योग को क्रमपूर्वक कहता हूँ, हे ब्रह्मा, स्थिर चित्त होकर सुनो ॥१॥ दस द्वार वाले नगर के समान, दस नाड़ी रूप जिसमें महा मार्ग हैं, जो दस वायुओं से युक्त है ऐसे दस इन्द्रियों के परिवार वाले ॥२॥ छः आधार रूप निवास स्थान वाले, छः अव्ययरूप महावन वाले, चार पीठों से युक्त, चार वेद रूप दीपक वाले ॥३॥ बिन्दु नाद और

महालिंग वाले, विष्णु तथा लक्ष्मी के निवास स्थानरूप, देह को विष्णु का मन्दिर कहते हैं, यही सब देह धारियों को सिद्धि देने वाला है ॥४॥ गुदा और मेढ्र के बीच में त्रिकोणाकार मूलाधार चक्र है। वह जीवरूप शिवका स्थान कहा जाता है ॥५॥ यहीं पर कुण्डलिनी नाम की पराशक्ति प्रतिष्ठित है। यहीं से वायु उत्पन्न होता है, यहीं से वह्नि उत्पन्न होता है ॥ ६ ॥ जिससे बिन्दु उत्पन्न होता है और जिससे नाद उत्पन्न होता है, जिससे हंस और मन उत्पन्न होते हैं ॥ ७ ॥ ऐसा यह कामरूप नाम का पीठ सब कामनाओं को पूर्ण करने वाला है। छः पखुरीवाला स्वाधिष्ठान नाम का चक्र लिंगमूल में है ॥८॥ दस पखुरीवाला मणि पूरक चक्र नाभि देश में स्थित है। बारह पखुरी वाला अनाहत नाम का महान चक्र हृदय में स्थित है ॥९॥ हे ब्रह्मा, यही वह ब्रह्मगिरि नाम का पीठ है। कंठ कूप में सोलह पखुरी वाला विशुद्ध नामक चक्र है ॥१०॥ जालंधर नाम का पीठ, हे ब्रह्मा, यहां पर स्थित है भ्रूमध्य में दो दल वाला आज्ञा नाम का उत्तम चक्र है ॥११॥ इसके ऊपर उड्डियान नामक महापीठ प्रतिष्ठित है, इस देहमें इतने स्थान शक्तिरूप से विराजते हैं ॥१२॥ चार पखुरीवाला पृथ्वी का मण्डल है, उसका अधिदेवता ब्रह्मा है। अर्ध चन्द्राकार जलका मंडल है यहां विष्णु अधिदैवत है ॥१३॥ त्रिकोणाकार मंडल अग्नि का है, उसका अधिदेवता रुद्र है। वायु का बिंब षट्कोणाकार है, संकर्षण उसका अधिदेवता है ॥१४॥ आकाश का मण्डल वर्तुलाकार है इसका देवता

Scanned by CamScanner

नारायण है, नादरूप मनका मण्डल भ्रूमध्य में है ऐसा जानते हैं ॥१५॥ हे ब्रह्मा, यह शांभव स्थान का तुझसे वर्णन किया। अब नाड़ी चक्रका निर्णय कहता हूँ॥१६॥ मूलाधार चक्रके त्रिकोण में बारह अंगुलकी सुषुम्ना होती है, यह मूलके अर्ध में से निकली हुई बांस के समान होती है और इसीको ब्रह्मनाड़ी कहते हैं ॥१७॥ इसके दोनों ओर इडा और पिंगला होती है, और यह तीनों बिलंबिनी में पिरोई हुई होती है जो नाकतक जाती है ॥१८॥इडा में बांई ओर से सुवर्णरूप वायु गमन करता है। दाहिने ओर से सूर्य रूप प्राण पिंगला में गमन करता है ॥१९॥ बिलंबिनी नाड़ी नाभि स्थान में प्रकट होती है। नाभि स्थान में से नाड़ियां उत्पन्न होती हैं और उँची नीची और तिरछी जाती हैं ॥ २० ॥ इसको नाभि चक्र कहते हैं और यह मुर्गी के अण्डे के समान होता है; यहां से गान्धारी और हस्ति जिह्वा दो नाड़ियां दोनों नेत्रों को जाती हैं ॥२१॥ पूषा और अलंबुसा यह दो कानों के प्रति जाती हैं। शूरा नाम की बड़ी है, वह यहां से भ्रूमध्य को जाती है ॥ २२ ॥ विश्वोदरी वह नाड़ी है जो चतुर्विध अन्न का भोजन करती है। सरस्वति नाड़ी जिह्वा के अन्त तक गई हुई है ॥२३॥ राका नाम की नाड़ी है, वह तुरन्त जल का पान करती है भूख को उत्पन्न करती है और नाक में श्लेष्मा का संचय करती है ॥२४॥ कण्ठ कूप में उत्पन्न हुई अधोमुख वाली शंखिनी नाम की नाड़ी है, वह अन्न के सार का ग्रहण करके उसका शिरोभाग में संचय करती

है ॥ २५ ॥ नाभि से तीन अधोमुख वाली नाड़ियां नीचे को जाती हैं उनमें से कुहू नाड़ी मल का त्याग करती है, वारुणी मूत्र का त्याग करती है ॥ २६ ॥ चित्रा नाम की नाड़ी सीवनी में है वह शुक्र मोचन करती है। इस प्रकार नाड़ी चक्र तुझसे कहा अब बिंदु का रूप श्रवण कर ॥ २७ ॥ स्थूल, सूक्ष्म और कारण तीन ब्रह्म के शरीर हैं; शुक्ररूप बिंदु स्थूल है, पंचाग्नि रूप सूक्ष्म शरीर है ॥ २८ ॥ और चन्द्ररूप कारण शरीर है वह सदा साक्षी रहता है और सर्वदा जैसा का वैसा ही रहता है। जो पातालों के नीचे कालाग्नि रहता है ॥ २९ ॥ वही शरीर में मूलाग्नि है, जिसमें से नाद उत्पन्न होता है। वड़वाग्नि शरीर में होता है. वह अस्थि में रहता है ॥ ३० ॥ काष्ठ और पाषाण का अग्नि अस्थि में रहता है और काष्ठ और पाषाण से जनित पार्थिव अग्नि आंतों में होता है ॥ ३१ ॥ वैद्युत अग्नि आकाश का है वह शरीर के भीतर है। आकाश में रहा हुआ सूर्यरूप अग्नि नाभि मण्डल में स्थित है ॥ ३२ ॥ सूर्य विष की वर्षा करता है (परन्तु) उसके ऊपर के मुख से अमृत झरता है; तानु मूल में रहा हुआ चन्द्र अधोमुख अमृत की वृष्टि करता है ॥ ३३ ॥ भ्रूमध्य में शुद्ध स्फटिक के समान बिन्दु रहा हुआ है, वह महा विष्णु का सूक्ष्म स्वरूप कहा जाता है ॥ ३४ ॥ जो बुद्धिमान पुरुष बताये हुए पञ्चाग्नि को बुद्धि से भावना करता है वह जो कुछ खाता है या पीता है

Scanned by CamScanner

सभी हवन ही करता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है ॥ ३५ ॥ बड़े प्रेम के साथ उत्तम प्रकार से सेवा करके शयन करते हुए भली प्रकार पाचन हो सके ऐसा लघु भोजन करके प्रथम शरीर की शुद्धि करे। पश्चात् सुखासन में स्थित हो कर ॥ ३६ ॥ रेचक कुंभक द्वारा प्राण के मार्ग का शोधन करे। प्रयत्न पूर्वक गुदा का आकुंचन करके मूलाधार में रही हुई शक्ति की उपासना करे ॥ ३७ ॥ नाभि और लिंग के मध्य में उडयान बन्धको करे, इस बन्ध द्वारा शक्ति उड़कर ऊपर पीठ में जाती है, इसलिये इसको उडयान पीठ कहते हैं ॥ ३८ ॥ किंचित् कंठ का संकोच करे, यह जालंधर बंध है सावधानता पूर्वक दृढ़ चित्त से खेचरी मुद्रा को करे ॥ ३९ ॥ कपाल के छिद्र में जीभ को उलटा कर लगावे और दोनों भ्रुकुटियों के बीच में दृष्टि रखे। इसको खेचरी मुद्रा कहते हैं ॥ ४० ॥ खेचरी मुद्रा द्वारा जिह्वा के अग्र भाग से जिसने कपाल विवर बन्द किया हो उसका अमृत अग्नि में नहीं गिरता और प्राण भी नहीं चलते ॥ ४१ ॥ उसको भूख, प्यास, निद्रा या आलस्य नहीं उत्पन्न होते। जो खेचरी मुद्रा जानता है, उसकी मृत्यु ही नहीं होती ॥ ४२ ॥ पश्चात् पूर्वापर आकाश में अच्युत रूप द्वादशान्त में, निरालम्ब और निरंजन द्वन्द्व रहित उडयान पीठ में ॥ ४३ ॥ और पश्चात् चंद्र मंडल के अंतर्गत कमल के मध्य में, जिससे अमृत सदा स्रवता रहता है ऐसे नारायण का ध्यान करे ॥ ४४ ॥ जिसको परम ब्रह्म का साक्षात्कार होगया है उसकी हृदयग्रंथि विनष्ट हो जाती है सर्व

संशय नष्ट हो जाते हैं और उसके सर्व कर्मों का क्षय हो जाता है ॥ ४५ ॥ हे सुरेश्वर जो जितेन्द्रिय और शान्त है और जिन्होंने मन और प्राण जीत लिये हैं उनको सुखपूर्वक प्राप्त होने वाली सिद्धियों को कहता हूँ ॥ ४६ ॥ हे ब्रह्मा नाद में मनोलय करने से दूर श्रवण प्राप्त होता है, बिंदु में मनोलय करने से दूर दर्शन प्राप्त होता है ॥ ४७ ॥ कालात्मा में मनको लीन करने से त्रिकाल ज्ञान प्राप्त होता है और परकाया प्रवेश करने वाला दूसरे के शरीर में अपने मन का लय करदे ॥ ४८ ॥ क्षुधा, तृषा या विष के निवारण के लिये मूर्धा में अमृत का चिंतवन करे। पृथ्वी में चित्त को धारण करने से पाताल गमन सिद्ध होता है ॥ ४९ ॥ जल में चित्त को धारण करने से जल से निर्भय हो जायगा। अग्नि में चित्त की धारणा करने से वह आग से जलेगा नहीं ॥ ५० ॥ वायु में मन को लय कर देने से आकाश गमन सिद्ध होगा। आकाश में चित्त को धारण करने से अणिमादिक सिद्धियां प्राप्त होती हैं ॥ ५१ ॥ विराट् के रूप से मन का योग करने से महिमा को प्राप्त होगा। ब्रह्मा में मन का योग करने से वह जगत का सृष्टिकर्त्ता बनेगा ॥ ५२ ॥ मृत्यु लोक के भोगों की इच्छा रखने वाला इन्द्ररूप आत्मा की भावना करे और विष्णु रूप में यदि महायोगी धारणा करे तो वह अखिल जगत का पालन करेगा ॥ ५३ ॥ रुद्र रूप में मनको धारण करने से अपने तेज से जगत का संहार करेगा और नारायण में मनको लय करने से वह नारायण मय हो जायगा और वासुदेव में

Scanned by CamScanner

मनको लय कर देने से सर्व सिद्धियां प्राप्त होती हैं ॥ ५४ ॥ योग युक्त और जितेन्द्रिय योगी जो जो संकल्प करेगा वही सब उस को प्राप्त होगा, इसमें केवल एक भाव ही कारण है ॥ ५५ ॥ गुरु ब्रह्मा है, गुरु विष्णु है, गुरु ही देव और सदा अच्युत है। तीनों लोक में गुरु से अधिक कुछ भी नहीं है ॥ ५६ ॥ दिव्य ज्ञान का उपदेश करने वाले देशिक (ब्रह्मनिष्ठ गुरु) भगवान् की परम भक्ति से जो पूजा करता है वह ज्ञान रूप फल को प्राप्त करता है ॥ ५७ ॥ जैसा गुरु वैसा ही ईश्वर और जैसा ईश्वर वैसा ही गुरु है इनकी महाभक्ति से पूजा करनी चाहिये, इन दोनों में कुछ भी भेद नहीं है ॥ ५८ ॥ कभी गुरु के साथ अद्वैत की बात न करे। भक्ति से गुरुदेव और आत्मा में अद्वैतताकी करे ॥ ५९ ॥ जो बुद्धिमान अत्यंत गुह्य योग शिखाको जानता है उसको तीनों लोक में अज्ञात कुछ भी नहीं है ॥ ६० ॥ उसको न पुण्य पाप है, न अशान्ति है, न दुःख और पराजय है; उसकी इस संसार में पुनरावृत्ति भी नहीं है ॥ ६१ ॥ चित्त की चपलता के वश सिद्धियों में चित्त न लगावे और इस प्रकार तत्त्व को जानले वह मुक्त ही है इसमें कुछ भी संदेह नहीं है ॥ ६२ ॥

॥ इति पांचवां अध्याय ॥

हे परमेश्वर, आप मुझसे ऐसी उपासना का प्रकार कहो, जिसको भली प्रकार जानने मात्र से मनुष्य संसार से मुक्त हो

जाता है ॥१॥ हे ब्रह्मा, श्रुति का सारतत्त्व और गुह्य ऐसी उपासना का प्रकार तुमसे कहता हूँ, उसको श्रवण करके ठीक २ उपासना कर ॥२॥ सुषुम्ना कुण्डलिनी, चन्द्रमण्डल से गिरने वाला अमृत, मन की उन्मन अवस्था इन सब रूप से विराजने वाली, हे चैतन्यस्वरूप महाशक्ति, तुमको मेरा नमस्कार है ॥३॥ हृदय से एक सौ एक नाड़ियां निकलती हैं, उनमें से एक सिर की ओर जाती है। इस नाड़ीसे ऊर्ध्व गमन करने वाला अमृतत्व को प्राप्त होता है। अन्य चारों ओर जाने वाली नाड़ियों से मृत्यु को प्राप्त होता है ॥४॥ एक सौ एक नाड़ियों में एक ही नाड़ी श्रेष्ठ है, उसको सुषुम्ना कहते हैं। रजोगुण रहित, ब्रह्मरूपिणी वह नाड़ी ब्रह्म में विलीन रहती है ॥५॥ उसके बाईं ओर इडा और दाहिनी ओर पिंगला रहती है, उसके बीच में परम स्थान है, उसको जो जानता है वही सच्चा विद्वान् है ॥६॥ नासिका में चलने वाले प्राण उसमें धारण करे। वहां प्राण स्थिर करके धीरे २ अभ्यास करे ॥७॥ गुदा के पृष्ठ भाग में वीणा दंड के समान मेरु दंड है, वह देह को धारण करता है, दीर्घ अस्थि देह (मेरुदण्ड में की नीचे की बड़ी हड्डी) तक ब्रह्मनाड़ी कही जाती है ॥८॥ उसमें एक सूक्ष्म विवर है उसको विद्वान् ब्रह्मनाड़ी कहते हैं। इडा और पिंगला के मध्यमें सूर्यरूपिणी सुषुम्ना होती है ॥९॥ उसमें सब कुछ रहा हुआ है, वह सर्वव्यापी और सब देह वाली है सूर्य, चन्द्र, अग्नि और परमेश्वर उसीमें रहे हुए हैं ॥१०॥ भूतलोक, दिशा, क्षेत्र, समुद्र, पर्वत, शिला, द्वीप,

Scanned by CamScanner

नदियां उसीमें हैं, वेद, शास्त्र, विद्या कला अक्षर ॥११॥ स्वर, मंत्र, पुराण और सब प्रकार के गुण, बीज और बीज के आत्मा-रूप क्षेत्रज्ञ, प्राणवायु ॥१२॥ सब विश्व सुषुम्ना के अन्तर्गत है सब उसीमें रहा हुआ है, वही सब भूतों के शरीरों में नाना नाड़ियां उत्पन्न करती हैं ॥१३॥ उसका मूल ऊपर है और शाखायें नीचे हैं वायुमार्ग से वह सर्वत्र गमन करती है। बहत्तर हजार नाड़ियों में वायु चलती है ॥१४॥ कुण्डलिनी के तिरछे, ऊपर और नीचे चारों ओर छेद हैं, इन सब द्वारों को रोकने से ॥१५॥ प्राण के साथ जीव ऊर्ध्वगामी होने से मोक्ष को प्राप्त होता है। सुषुम्ना को जानकर उसका भेद करके वायु को उसके बीच चला कर ॥१६॥ ब्रह्मरंध्र के चन्द्रपीठ में उसका निरोध करे। शरीरमें बहत्तर हजार नाड़ियोंके द्वार हैं॥१७॥उसमें सुषुम्ना ही एक शांभवी शक्ति है और सब निरर्थक हैं। वह परमानन्दरूप हृदय में और तालु मूल में स्थित है ॥१८॥ इसके ऊपर प्राण का निरोध मध्य में होने से मध्यम कहा जाता है। फिर ब्रह्मरंध्र में स्थित पराशक्ति चलावे, इस समय यदि भ्रमर सृष्टि यानी भंवरों की सी गुंज सुनाई दे तो चित्त को संसार में न भ्रमावे यानी उसीमें लगावे ॥१९॥

गमनागमन में रहा हुआ और गमनागमन से रहित, घन अन्धकार का नाश करने वाले चिद्रूप दीप के समान, सब लोगों के अन्तःकरण में रहे हुए परमात्मस्वरूप हंसको मेरा नमस्कार है ॥२०॥ अनाहत शब्द के भीतर जो ध्वनि होती है उसके

अन्दर ज्योति होती है और उस ज्योति के भीतर मन रहा हुआ होता है। वह मन जहां लय को प्राप्त होता है वह विष्णु का परम पद है ॥ २१ ॥ उसको कोई आधार कहते हैं, और कोई सुषुम्ना या सरस्वति कहते हैं। आधार से विश्व उत्पन्न होता है और उसी में विश्व का लय होजाता है ॥ २२ ॥ इसलिये सर्व प्रयत्न से गुरु चरणों का सेवन करे (क्योंकि) आधार शक्ति की निद्रा में अविद्या से विश्व उत्पन्न हो जाता है ॥ २३ ॥ उस शक्ति को जाग्रत करने से त्रैलोक्य जाग्रत हो जाता है। आधार को जो जानता है वह अन्धकार रूप माया से श्रेष्ठ ऐसे परमपद का सेवन करता है ॥ २४ ॥ उसके अनुभव मात्र से ही मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता है ॥ २५ ॥ आधार चक्र के बल से विद्युत्पुन्ज के समान प्रकाश प्राप्त हो और यदि उस पर स्वयं गुरुप्रसन्न हैं तब उसको मोक्षपद प्राप्त होता है इसमें कुछ भी सन्देह नहीं है ॥ २६ ॥ आधार चक्र के बल से पुण्य पाप का नाश करो, आधार चक्र में प्राण का अवरोध करने से वह आकाश में लीन होजाता है ॥ २७ ॥ आधार चक्र में वायु का जब अवरोध होता है, योगी का शरीर कांपने लगता है। आधार चक्र में प्राण रोकने से योगी सर्वदा नृत्य करने लगता है ॥ २८ ॥ आधार चक्र में वात का निरोध करने से वहीं सम्पूर्ण विश्व दीखने लगता है। आधार ही सृष्टि है, आधार ही में सर्व देवता हैं, आधार में वेद है, इसलिये आधार ही का आश्रय ग्रहण करो ॥ २९ ॥ आधार के पश्चिम

Scanned by CamScanner

भाग में त्रिवेणी का संगम होता है वहां स्नान करने से और उसका पान करने से मनुष्य सब पापों से मुक्त होजाता है ॥ ३० ॥ आधार के पश्चिम में लिंग होता है, वहां एक द्वार होता है; उसको खोलने ही से मनुष्य जन्म बन्धन से मुक्त हो जाता है ॥ ३१ ॥ आधार के पश्चिम भाग में यदि चन्द्र, सूर्य सदा स्थिर हो जायें तो वहां स्वयं विश्वेश्वर रहा हुआ है। उसका ध्यान करके ब्रह्ममय हो जाता है ॥ ३२ ॥ आधार के पश्चिम में ज्ञानमयी मूर्ति (जीव) रहती है वह छःओं चक्रों का भेदन करके ब्रह्मरंध्र के बाहर जाती है ॥ ३३ ॥ बाएं और दाहिने प्राण को एक कर सुषुम्ना में प्रवेश करते हुए, ब्रह्मरंध्र में योगी प्रविष्ट हो अन्त में परमगति को प्राप्त होते हैं ॥ ३४ ॥ सुषुम्ना में जब प्राण ऊँचे नीचे दौड़ता है और योगी सुषुम्ना में प्राण को निरन्तर चलाता रहता है ॥ ३५ ॥ जब बुद्धिमान योगी का प्राण सुषुम्ना में स्थिर होजाता है, तब सुषुम्ना में प्रवेश होने से चन्द्र सूर्य का लय हो जाता है ॥३६॥ उस समय के समरस भावको जो जानता है वही योग का जानने वाला है। सुषुम्ना जब स्थिर होती है योगी के मन का चांचल्य दूर हो जाता है ॥ ३७ ॥ सुषुम्ना में योगी जब एक क्षण भी टिकता है या अर्ध क्षण भी रहता है ॥ ३८ ॥ या पानी में जैसा नमक मिल जाता है वैसा योगी जब सुषुम्नामें एकमेक होजाता है जैसे पानी दूधमें मिल जाता है वैसे योगी जब सुषुम्ना के साथ विलीन हो जाता है ॥ ३९ ॥ तब उसकी हृदय ग्रन्थि टूट जाती है और सब संशय नष्ट हो

जाते हैं। वे परमाकाश में विलीन होकर परमगति को प्राप्त होते हैं ॥ ४० ॥ गंगा में और सागर में स्नान कर मणिकर्णिका को नमस्कार करे, वह मध्य नाड़ी में विचरण करने वाले के सोलहवें अंश के भी बराबर नहीं हैं ॥ ४१ ॥ श्रीशैल के दर्शन से मुक्ति होती है। वाराणसी में मृत्यु यानी लय होने से मुक्ति होती है, केदार का जल पान करने से और मध्य नाड़ी का दर्शन करने से मुक्ति होती है ॥ ४२ ॥ हजारों अश्वमेघ यज्ञ तथा सैकड़ों वाजपेय यज्ञ सुषुम्ना के ध्यान योग के एक सोलहवें अंश के भी बराबर नहीं हैं ॥ ४३ ॥ जो सुषुम्ना का सदा योग करता है वह पुरुष सब पापों से मुक्त होकर परम कल्याण को प्राप्त करता है ॥ ४४ ॥ सुषुम्ना ही परम तीर्थ है, सुषुम्ना ही परम जय है, सुषुम्ना ही श्रेष्ठ ध्यान है और सुषुम्ना ही परम गति है, ॥ ४५ ॥ नाना प्रकार के यज्ञ, दान, व्रत और नियम, सुषुम्ना के ध्यान योग के सोलहवें अंश की भी बराबरी नहीं करते ॥ ४६ ॥ ब्रह्मरन्ध्र के महास्थान में हमेशा शिव रूपिणी शक्ति रहती है, परमदेवी चिच्छक्ति मध्यम में प्रतिष्ठित रहती है ॥ ४७ ॥ ललाट के अग्र भाग में स्थित आकाश कमल में माया शक्ति रहती है। ललाट के मध्य भाग में नादरूपा श्रेष्ठ शक्ति रहती है ॥ ४८ ॥ ललाट के अपर भाग में बिंदुमयी शक्ति रहती है; बिंदु के मध्य में जीवात्मा सूक्ष्म रूप से वास करता है ॥ ४९ ॥ हृदय में स्थूल रूप से और शरीर के मध्य (मेरुदण्ड) में मध्यम रूप से रहता है ॥ ५० ॥

Scanned by CamScanner

प्राण और अपान के वश हो जीव नीचे और ऊपर वाएं और दाहिने मार्ग से दौड़ता रहता है परन्तु चंचलता के कारण दीखता नहीं ॥ ५१ ॥ हाथ के आघात से गेंद जैसी उछलती रहती है जैसे ही प्राण अपान के आघात से जीव को विश्रान्ति नहीं मिलती ॥५२॥ अपान प्राण को खींचता है और प्राण अपान को; हकार से बाहर आता है और सकार से भीतर जाता है ॥ ५३ ॥ इस प्रकार 'हंस हंस' यह मंत्र जीव सर्वदा जपता रहता है। उसी को जो विद्वान अक्षर और नित्य समझता है वही सच्चा विद्वान् है ॥ ५४ ॥ कन्द के ऊर्ध्व भाग में कुण्डली शक्ति रही हुई है; योगियों को वह मुक्ति देती है और मूढ़ लोगों को बंधन में रखती है। जो उसको जानता है वही योग को जानता है ॥ ५५ ॥ भूलोक, भुवर्लोक और स्वर्गलोक तथा चन्द्र, सूर्य, अग्नि आदि देवता यह जिसकी मात्रा में रहते हैं वह परमज्योति ॐ है ॥५६॥ तीन काल, तीन देवता, तीन लोक, तीन स्वर, तीन वेद जिसमें स्थित हैं वह परं ज्योति ॐ है ॥ ५७ ॥ चित्त चलता है तब संसार है, वह निश्चल हो जाय उसीको मोक्ष कहते हैं। इसलिये, हे ब्रह्मा, दृढ़ बुद्धिपूर्वक चित्त को स्थिर करना चाहिये ॥ ५७ ॥ विषयों का कारण चित्त है, चित्तके होने ही से तीन लोक हैं; उसके क्षीण होने से जगत का क्षय हो जाता है, इसका ठीक ठीक विचार कर ॥ ५९ ॥ मन या अहंकार आकाश के समान विशाल है मन या अहंकार सर्वतोमुख है मन या अहंकार ही सब का आत्मा है जहां मन नहीं है वहां केवल परमब्रह्म

है ॥ ६० ॥ कर्मों से मन उत्पन्न होता है और मन ही पातकों से लेपायमान होता है ; मनही यदि उन्मन होजाय तो न पुण्य है न पाप ॥ ६१ ॥ मन से मन को देखकर जब वृत्ति शून्य हो जाय तो परम दुर्लभ ऐसे परब्रह्म का दर्शन हो जाता है ॥ ६२ ॥ योगी मन से मनको देखकर मुक्त हो जाता है, मन से मनको देखकर उन्मनी के अन्त स्वरूप का सदा स्मरण करे ॥ ६३ ॥ मन से मनको देखकर सदा योगनिष्ठ रहना चाहिये। मनसे मन को देखने से दस अनुभव प्राप्त होते हैं ॥ ६४ ॥ जब ये अनुभव आजाय तब वह योगीश्वर हो जाता है ॥ ६५ ॥ बिन्दु, नाद, कला, ज्योति, सूर्य, चन्द्र, ध्रुव, तारका, शान्त और शान्तातीत यह शान्तातीत ही परब्रह्म है ॥ ६६ ॥ (यह अनुभव प्राप्त होने के) पश्चात् योगी हंसता है प्रसन्न होता है, प्रेम से क्रीड़ा करता है और सुखी होता है। अनुभव युक्त बुद्धि से जीवन व्यतीत करता है, सब ओरसे भय रखता है यानी विषयों से दूर रहता है ॥६७॥ शोक के समय वह नियम से तथा बुद्धिमानी से रहता है और सम्पदा प्राप्त होने से वह मोह में नहीं गिरता। शत्रुता के कार्य में कांपता है और काम की उपेक्षा करते हुए उसमें रमण नहीं करता ॥६८॥ चित्त काममें रत है ऐसा स्मरण रखकर उसको शरीर में जानता है क्योंकि जहां प्राण रहता है वहीं चित्त अवश्य रहता है ॥ ६९ ॥ मन चन्द्र है, रवि प्राण है और दृष्टि (इन्द्रिय) अग्नि है। हे ब्रह्मा, बिन्दु, नाद और कला ये; विष्णु, ब्रह्मा और शंकर ये तीन देवता हैं ॥ ७० ॥ सदा नाद का अनुसन्धान करने से

Scanned by CamScanner

वासना क्षीण हो जाती है, तब हे ब्रह्मा, प्राण निरंजन (तम रहित) मनमें लीन हो जाते हैं ॥ ७१ ॥ जो नाद है वह ही बिन्दु है और जो बिन्दु है उसी का चित्त कहते हैं; नाद बिन्दु और चित्त तीनों से एकता प्राप्त कर ले ॥ ७२ ॥ मन ही बिन्दु है वही उत्पत्ति स्थिति का कारण है; जैसे दूध से घी उत्पन्न होता है, वैसे मनसे विंदु उत्पन्न होता है ॥ ७३ ॥ छःओं चक्रों को जानकर सुख रूप मण्डल में प्रवेश करे। प्राण को खींच कर प्रवेश करे और उसको ऊर्ध्व चढ़ावे ॥ ७४ ॥ प्राण, बिंदु, चक्र और चित्त इनका अभ्यास करे एक ही समाधि से योगी समता रूप अमृत को प्राप्त हो जाते हैं ॥ ७५ ॥ काष्ठ में रही हुई अग्नि जिस प्रकार विना मथन के निकलती नहीं, वैसे ही अभ्यास के विना ज्ञानदीप भी प्रज्वलित नहीं होता ॥ ७६ ॥ जैसे घड़े में रखा हुआ दीप घट के बाहर नहीं प्रकाशता और उससे भिन्न ऐसे घट में दीप की ज्वाला भासती है ॥ ७७ ॥ उसी प्रकार उसके शरीर को घट कहते हैं और जीव उसका स्थान है और गुरु के उपदेश के प्राप्त होने से ब्रह्मज्ञान प्रकाशने लगता है ॥ ७८ ॥ मल्लाह रूप गुरु को प्राप्त करके उसके वचन का नौका के समान दृढ़ आश्रय करके, अभ्यास और वासना शक्ति के बल से मनुष्य भवसागर को तैर जाते हैं ॥ ७९ ॥ इति छठा अध्याय।

॥ इति योग शिखोपनिषत् समाप्त ॥

पैङ्गलोपनिषत्।

[४०]

पैङ्गल ऋषि याज्ञवल्क्य के यहां गये। बारह संवत्सर उनकी सेवा सुश्रुषा करने के पश्चात् पैङ्गल ऋषि बोले, 'परम गूढ़ कैवल्य का मुझे उपदेश दीजिये।' याज्ञवल्क्य बोले, हे सोम्य यह संसार पहले सत् ही था। वही नित्यमुक्त अविक्रिय, सत्य, ज्ञान और आनन्द स्वरूप, परिपूर्ण, सनातन अद्वितीय केवल एक ऐसा ब्रह्म है। उसमें मरुभूमि में जल के समान अथवा सीपी में चांदी के समान अथवा स्थाणु में पुरुष के समान अथवा स्फटिक में रेखा के समान लाल स्वेत और काले गुण वाली परन्तु जिसमें यह तीनों गुण साम्य अवस्था में हैं ऐसी अनिर्वचनीय मूल प्रकृति हुई। उसमें प्रतिबिंबित हुआ वह साक्षी चेतन्य हुआ। फिर वह (मूल प्रकृति) विकृति को प्राप्त होकर सत्व गुण वाली आवरण शक्ति हुई, इसीको अव्यक्त कहते हैं। उसीमें जो प्रतिबिंब पड़ा वह ईश्वर चैतन्य हुआ। वह सर्वज्ञ है, माया उसके अधीन है वह सृष्टि स्थिति और प्रलय का आदि कर्ता है, वही जगत का अंकुर है। अपने में छिपा हुआ सकल जगत वह उत्पन्न करता है। प्राणियों के कर्मानुसार जिस प्रकार वह विश्व पट फैलाता है, उन प्राणियों के कर्मों का क्षय हो जाने से वह उसको उसी प्रकार समेट लेता है। तब उसीमें अखिल विश्व लपेटे हुए वस्त्र के

Scanned by CamScanner

समान रहता है। ईश्वर में अधिष्ठित आवरण शक्ति से रजोगुण मयी विक्षेप शक्ति होती है उसको महत् कहते हैं। उसमें प्रतिबिंबित चैतन्य हिरण्यगर्भ चैतन्य कहा जाता है। वह महत्तत्व का अभिमानी है और उसका शरीर कुछ स्पष्ट और कुछ अस्पष्ट होता है। हिरण्यगर्भ में रही हुई विक्षेप शक्ति से तमोगुण वृद्धि वाली अहंकार नामक स्थूल शक्ति होती है। उसमें प्रतिबिंबित जो चैतन्य है वह विराट् चैतन्य हुआ। उसका अभिमानी स्पष्ट शरीर वाला सर्व स्थूल जगत का पालन कर्ता प्रधान पुरुष विष्णु होता है। उस आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ; आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथिवी उत्पन्न हुई। यह पंचतन्मात्र तीनों गुणों वाले होते हैं। जगत्कर्ता को सृष्टि करने की इच्छा हुई तब उसने तमोगुण का अंगीकार करके सूक्ष्मतन्मात्राओं को स्थूल भूतों में परिणत करने की इच्छा की। उत्पन्न किये हुए परिमित भूतों में से हर एक को आधा करके हर आधे के पुनः चार भाग किये। प्रति अर्ध भाग के साथ अन्य भूतोंके आधेके चौथे भाग मिलाके भूतोंका पंचीकरण किया और इन पंचीकृत भूतों से अनंत कोटि ब्रह्माण्ड, उन उन ब्रह्माण्डों के उचित चौदह भुवन और उन उन भुवनों के उचित इन्द्रिय वाले स्थूल शरीर उसने उत्पन्न किये। पंच भूतों के रजोगुण के अंश के उसने चार विभाग किये इनके तीन भागों से पाँच प्रकार के प्राण उत्पन्न किये और चौथे भाग से कर्मेन्द्रियों को उत्पन्न किया। भूतों के सत्वांश के चार भाग कर

के उनमें से तीन भागों से पांच वृत्ति वाला समष्टि अंतःकरण उत्पन्न किया और चौथे सत्वगुण के अंश से ज्ञानेन्द्रियां उत्पन्न कीं। सत्वगुण के समष्टि से इन्द्रियों के देवता उत्पन्न किये। उनको उत्पन्न करके उसने ब्रह्माण्डों में स्थापित कर दिये और उसकी आज्ञा से अहंकार से युक्त विराट स्थूलों की रक्षा करने लगा। हिरण्यगर्भ उसकी आज्ञा से सूक्ष्म सृष्टियों की पालना करने लगा। ब्रह्माण्ड में स्थित वे सब उसके विना चल न सके। न कुछ चेष्टा कर सके। उसको सचेतन करने की उसने इच्छा की और समस्त व्यष्टि का मस्तक विदीरण करके उसने ब्रह्माण्डों में और ब्रह्मरन्ध्रों में प्रवेश किया, तब वे सब जड़ होते हुए भी चेतन के समान सब प्रकार के काम करने लगे। सर्वज्ञ ईश्वर माया के अंश से युक्त होकर व्यष्ठि शरीर में प्रवेश करके माया से मोहित होकर जीव भाव को प्राप्त हुआ। तीनों शरीरों से तादात्म्य को प्राप्त करके वह कर्ता भोक्ता बन गया। जाग्रत, स्वप्न सुषुप्ति, मूर्छा और मरण इन धर्मों से युक्त होकर बहुत दुख को प्राप्त करता है, घटियंत्र के समान अथवा कुम्हार के चक्र के समान जन्म मरण के फेरे में फिरा करता है।

॥ इति प्रथम अध्याय ॥

पैङ्गल ऋषि ने पुनः याज्ञवल्क्य से प्रश्न किया कि 'सब लोकों की सृष्टि स्थिति और संहार करने वाला उसका प्रभु ऐसा

Scanned by CamScanner

ईश्वर जीव भाव को किस प्रकार प्राप्त हुआ ?' याज्ञवल्क्य ने कहा: स्थूल, सूक्ष्म और कारण देहों की उत्पत्ति सहित जीव के और ईश्वर के स्वरूप का विवेचन करके तुझसे कहता हूँ, सावधानता पूर्वक एकाग्रता से श्रवण कर। पंचीकृत महाभूतों के अंश को ग्रहण करके व्यष्टि और समष्टि के स्थूल शरीरों को ईश्वर ने क्रमशः उत्पन्न किया। कपाल, चर्म, आंतें, हड्डी, मांस और नख ये पांच पृथिवी के अंश हैं। रुधिर, मूत्र, लार, पसीना आदि जल के अंश हैं। भूख, प्यास, उष्णता, मोह, मैथुन आदि अग्नि के अंश हैं। चलना, उठना, सांस लेना आदि वायु के अंश हैं। काम, क्रोध आदि आकाश के अंश हैं। इन सबका संघात रूप, कर्म से बना हुआ, त्वचा आदि इन्द्रियों से युक्त बाल्य आदि अवस्थाओं के अभिमान का आधार भूत और नाना प्रकार के दोषों से युक्त ऐसा यह स्थूल शरीर है।

पश्चात् अपंचीकृत महाभूतों के समष्टि रजोगुण के तीन अंश से प्राण उत्पन्न किये। प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान यह पांच प्रकार के प्राण हैं। नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय ये उप प्राण हैं। हृदय, मुख, नाभि, कंठ और सब शरीर यह उनके स्थान हैं। आकाशादि के रजोगुण के चतुर्थ अंशसे उसने कर्मेन्द्रिय उत्पन्न किये। वाक्, पाणि, पाद पायु और उपस्थ ये पांच कर्मेन्द्रिय हैं। बोलना, ग्रहण करना, चलना, मल विसर्जन करना और आनन्द यह उनके विषय हैं। इस प्रकार पंच महाभूतों के सत्व गुणी तीन अंश से समष्टि से उसने अन्तःकरण

उत्पन्न किया। मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और अन्तःकरण उसकी वृत्तियां हैं। संकल्प, निश्चय, स्मरण, अभिमान और अनुसंधान उसके विषय है। गला, मुख, नाभि, हृदय और भ्रू मध्य उनके स्थान हैं। भूतों के सत्वगुणी चतुर्थ अंश से ज्ञानेन्द्रियां उत्पन्न कीं। श्रोत्र, त्वचा, चक्षु, जीभ और नाक यह पांच ज्ञानेन्द्रियां हैं। शब्द, स्पर्श रूप, रस और गंध उनके विषय हैं। दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनी, अग्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, यम, चन्द्र, विष्णु, चतुर्मुखी ब्रह्मा और शंकर–यह इन्द्रियों और अंतःकरण के अधिपति हैं।

अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय यह पांच कोश हैं। अन्न के रस से उत्पन्न हुआ, अन्न रस से ही बढ़ने वाला और अन्नरस मय पृथ्वी में जो लय को प्राप्त होता है वह अन्नमय कोश है। यही स्थूल शरीर है। कर्मेन्द्रियों के सहित पांच प्राण का प्राणमय कोश होता है। ज्ञानेन्द्रियों के सहित मन लेने से मनोमय कोश और ज्ञानेन्द्रियों के साथ बुद्धि लेने से विज्ञानमय कोश होता है। यह तीन कोश वाला लिंग शरीर है। स्वरूप का जिसमें अज्ञान होता है वह आनन्दमय कोश है। यही कारण शरीर है। ज्ञानेन्द्रिय पंचक, कर्मेन्द्रियपंचक, प्राणादि पंचक, पंच महाभूत, अन्तःकरण चतुष्टय, काम, कर्म और अविद्या इनको पुर्यष्टका कहते हैं। ईश्वर की आज्ञा से विराट ने व्यष्टि गेह में प्रवेश किया और बुद्धि से रह कर विश्व संज्ञा को प्राप्त

Scanned by CamScanner

हुआ। विज्ञानात्मा, चिदाभास, विश्व, व्यवहारिक, जाग्रत अवस्था के स्थूल देह का अभिमानी और कर्मभू यह विश्व के नाम हैं। ईश्वर की आज्ञा से सूत्रात्मा मन के अधिष्ठान में व्यष्टि सूक्ष्म शरीर को प्राप्त होकर तैजस् हुआ। तैजस्, प्रातिभासिक, स्वप्न कल्पित--यह तैजस् के नाम हैं। ईश्वर की आज्ञा से माया की उपाधि वाला अव्यक्त से युक्त हुआ व्यष्टि के कारण शरीर में प्रवेश करके 'प्राज्ञ' संज्ञा को प्राप्त हुआ। प्राज्ञ अविच्छिन्न, पारमार्थिक, सुषुप्ति का अभिमानी--यह प्राज्ञ के नाम हैं। अव्यक्त के अंश रूप अज्ञान से आच्छादित हुए परमार्थिक जीव की 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्य ब्रह्म से एकता बताते हैं न कि व्यवहारिक या प्रतिभासक की ब्रह्म से। अंत करण में जो प्रतिबिंबित चैतन्य है वही अवस्थात्रय को प्राप्त होता है। वह जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति इन तीनों अवस्था को प्राप्त होता है। यह जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति अवस्था को प्राप्त होकर घटी यंत्र के समान दुखी होता है और मृत के समान हो रहता है। जाग्रत स्वप्न, सुषुप्ति, मूर्छा और मरण यह पांच अवस्था हैं।

अपने अपने देवताओं के अंश से युक्त होकर श्रोत्र आदि ज्ञानेन्द्रियां शब्दादि विषयों का ग्रहण जिस अवस्था में करती हैं वह जाग्रत अवस्था है। उस अवस्था में जीव भ्रूमध्य में रहकर मस्तक से लेकर चरण तक व्याप्त करके देखी और श्रवणादि यानी कर्मेंद्रिय तथा ज्ञानेंद्रियों के समस्त कर्म करता है और उन उन कर्मों के फल का भोगने वाला होता है। वही परलोक

में जाकर अपने कर्मों के फल भोगता है। वह सार्वभौम राजा के समान व्यवहार से श्रमित होकर अंतर्गृह में प्रवेश करने की इच्छा से मार्ग में ठहरता है। इन्द्रियों की क्रिया बन्द होने पर जाग्रत अवस्था के संस्कारों से उपस्थित हुई प्रबोध अवस्था में विषय विषयी रूप जो स्फुरणा होती है वह स्वप्नावस्था है। उस अवस्था में जागृति के व्यवहार का लोप कर विश्व नामा जीव नाडी मध्य में विचरण करता हुआ तैजस के भावको प्राप्त होता है और अपनी वासना के अनुरूप विचित्र सृष्टि अपने आभास से भासित करता है और स्वयं ही अपनी इच्छानुसार भोग भोगता है।

जिसमें चित्त ही एक कारण होता है उस अवस्था को सुषुप्ति कहते हैं। भ्रमण करके थका हुआ पक्षी जिस प्रकार पंख समेट कर घोंसले की ओर जाता है वैसे ही जाग्रत स्वप्न के प्रपंच के व्यवहार से थका हुआ जीव भी अज्ञान में प्रवेश करके स्वानंद का भोग करता है।

अकस्मात् दण्ड या मुद्गर से ताडन किये हुए मनुष्य के समान भय और अज्ञान से जिसमें सब इन्द्रियां कांप रही हों ऐसी मृत तुल्य अवस्था मूर्छा है। जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और मूर्छा इन अवस्थाओं से भिन्न कीट से लेकर ब्रह्मा तक सब जीवों को भय देने वाली स्थूल देह का नाश करने वाली मरण अवस्था है। कर्मेन्द्रिय, ज्ञानेन्द्रिय, उनके विषय (तन्मात्राएं) और प्राण इन

Scanned by CamScanner

सबको संकलित करके काम और कर्म से युक्त हुआ और अविद्या से वेष्टित हुआ जीव अन्य देह को प्राप्त करके परलोक को जाता है। पूर्व कर्मों के फल के विपाक से भँवर में फँसे हुए कीट के समान शान्ति को प्राप्त नहीं होता। सत्कर्मोके परिपाक से बहुत जन्मों के पश्चात् मनुष्य को मोक्ष की इच्छा होती है तब सद्गुरु का आश्रय कर और उनकी चिरकाल सेवा करके वह बंध से मोक्ष पाता है। अविचार से बंध हैं। विचार से मोक्ष होता है इसलिये सदा विचार करे। अध्यारोप और अपवाद से स्वरूप का निश्चय किया जा सकता है इसलिये जगत, जीव और ईश्वर के जीव भाव और (जगत के) भाव का बाध करने से अपने प्रत्यगात्मा से अभिन्न ऐसा ब्रह्म ही शेष रहता है इस प्रकार सदा विचार करते रहना चाहिये।

॥ इति द्वितीय अध्याय ॥

अश्चात् पैङ्गल ऋषि ने याज्ञवल्क्य ऋषि से कहा, 'मुझे महावाक्यों का विवरण सुनाइये'। याज्ञवल्क्य बोले, 'तत्त्वमसि' (वह तू है) त्वं तदसि (तू वह है) त्वं ब्रह्मासि (तू ब्रह्म है), अहं ब्रह्मास्मि (मैं ब्रह्म हूँ), इस प्रकार महावाक्य का अनुसंधान करना चाहिये। 'तत्त्वमसि' महावाक्य में सर्वज्ञता आदि लक्षणों से युक्त माया की उपाधि वाला, सत्, चित् और आनन्द स्वरूप, जगत का कारण ऐसा अव्यक्त ईश्वर 'तत्' पद का वाच्य है। वही अन्तःकरण की उपाधि के कारण भिन्नता से बोध करता हुआ 'मैं' शब्द का प्रयोग करने वाला

जीव 'त्वम्' पद का वाच्य है। ईश्वर और जीव की उपाधियां जो माया और अविद्या है, उनको छोड़ कर जो 'तत्' और 'त्वम्' पद का लक्ष्य होता है वह अपने प्रत्यगात्मा से अभिन्न ऐसा ब्रह्म है। 'तत्त्वमसि' (वह तू है) और 'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूँ) इन महावाक्यों का विचार करना श्रवण है। एकान्त में बैठ कर श्रवण किये हुए वाक्यों का जो लक्ष्यार्थ है उसका अनुसंधान करना मनन है। श्रवण और मनन द्वारा सुनिर्णीत अर्थ स्वरूप जो वस्तु है, उसमें एकाग्रता पूर्वक चित्त की स्थापना करना निदिध्यासन है। ध्याता ध्यान के भाव को छोड़कर वात रहित स्थान में रहे हुए दीप की ज्योति के समान, केवल ध्येय के आकार वाली चित्त की अवस्था को समाधि कहते है। उस अवस्था में वृत्तियां केवल आत्माकार ही होती हैं परन्तु जानी नहीं जातीं, पश्चात् उनका स्मृति से अनुमान किया जाता है। इस अवस्था में आत्माकार वृत्ति द्वारा अनादि संसार में संचय किये हुए अनंत कर्म नष्ट हो जाते हैं पश्चात् अभ्यास में प्रवीणता प्राप्त होने पर सदा अमृत की सहस्रों धारा बरसती है इसलिये योगी लोग इसको धर्म मेघ समाधि कहते हैं। इस धर्म मेघ समाधि द्वारा समस्त वासनाओं का जाल कट जाता है, पुण्य पाप रूप संचित कर्म समूल नष्ट हो जाते हैं और 'तत्त्वमसि' महावाक्य का बोध जो पहिले परोक्ष होता था सो अब हथेली में रखे हुए आंवले के समान यह वाक्य स्पष्टतया

Scanned by CamScanner

विना किसी अवरोध के, ब्रह्म के अपरोक्ष अनुभव को कराता है, तब योगी जीवन्मुक्त होता है।

ईश्वर ने पंचीकृत भूतों को अपंचीकृत करने की इच्छा की। ब्रह्माण्ड तथा उसमें रहे हुए कार्य रूप लोक उसने उनके कारण भाव को प्राप्त कर दिये। पश्चात् सूक्ष्म कर्मेन्द्रिय, प्राण, ज्ञानेन्द्रिय और अन्तःकरण चतुष्टय, इन सबको एकत्रित करके सब भौतिक पदार्थों को उनके कारण भूत पंचक में मिलाकर भूमि जल में, जल अग्नि में, अग्नि वायु में, वायु आकाश में, आकाश अहंकार में, अहंकार महत् में, महत् अव्यक्त में और अव्यक्त पुरुष में इस क्रम से लय किया। विराट, हिरण्यगर्भ और ईश्वर की उपाधियां नष्ट हो जाने से वे परमात्मा में विलीन होजाते है। पंचीकृत महाभूतों से बना हुआ कर्मों द्वारा प्राप्त होने वाला स्थूल शरीर कर्मों के (असत् कर्मों के) क्षय से और सत्कर्मों के परिपाक से अपञ्चीकृत होकर सूक्ष्म में संमिलित होता है और कारण रूप को प्राप्त होकर कारण के कारण रूप कूटस्थ प्रत्यगात्मा में विलीन हो जाता है। विश्व तैजस् और प्राज्ञ अपनी २ उपाधियों के लय होने से प्रत्यगात्मा में लीन हो जाते हैं। ज्ञान रूपी अग्नि से दग्ध होनेके करण ब्रह्माण्ड उसके कारणरूप अविद्या के साथ परमात्मामें लीन होजाताहैइसलिये ब्रह्मरत पुरुष(ब्राह्मण) समाहित होकर हमेशा 'तत्' और 'त्वम्' पदका ऐक्य किया करे। ऐसा करने से मेघ के दूर होने से जैसे सूर्य प्रकाशता है वैसे आत्मा का साक्षात्कार होता है।

घड़े में रहे हुए दीपक के समान शरीर में रहने वाले निर्धूम ज्योतिरूप अंगुष्ठमात्र आत्मा का ध्यान करें ॥ १ ॥ भीतर रहे हुए प्रकाशमान कूटस्थ अव्यय आत्मा का जो मुनि नींद आवे तब तक तथा मृत्यु को प्राप्त हो तब तक ध्यान करता रहता है ॥ २ ॥ उसको जीवन्मुक्त समझना चाहिए। वह धन्य है, कृतकृत्य है! जीवन्मुक्त पद का त्याग कर अपने देह को काल के वश करने के पश्चात् यह विदेह मुक्ति को प्राप्त होता है जैसे पवन का बहना बंद हो जाय ॥ ३ ॥ पश्चात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध से रहित, अव्यय नित्य, अनादि, अनंत, महत् से पर और शाश्वत ऐसा वही निर्विकार शुद्ध ब्रह्म रह जाता है ॥ ४ ॥

॥ इति तृतीय अध्याय ॥

पुनः पैङ्गल ऋषि ने याज्ञवल्क्य से पूछा, 'ज्ञानियों के कर्म कैसे होते हैं और उनकी स्थिति कैसी होती है'। याज्ञवल्क्य बोले अमानित्वादि साधन संपन्न मुमुक्षु इक्कीस कुल को तारता है। ब्रह्म को जानने मात्र ही से एक सौ एक कुल को तारता है। आत्मा को रथी जान और शरीर को रथ, बुद्धि को सारथी और मन को लगाम जान ॥ १ ॥ इन्द्रियां को अश्व कहते हैं, विषय उनके मार्ग हैं और विद्वान् पुरुष के हृदय मानो उड़ने वाले विमान हैं ॥ २ ॥ इन्द्रिय और मन से युक्त आत्मा ही भोक्ता है ऐसा महान ऋषि लोग कहते हैं, इसलिये हृदय में साक्षात

Scanned by CamScanner

नारायण ही निवास करता है ॥ ३ ॥ सांप की केंचुली के समान प्रारब्ध कर्म क्षय होने तक व्यवहार करता है। जो देही चन्द्र के समान चलता रहता है वह मुक्त है, अनिकेतन (त्यागी) है ॥ ४ ॥ वह तीर्थ स्थान में या चाण्डाल के घर देह छोड़े. कैवल्य ही को प्राप्त होता है; प्राणों को त्याग कर वह कैवल्य को प्राप्त होता है। उसके देह को चाहे जंगल में फेंक दिया जाय या गाड़ दिया जाय। संन्यास पुरुष के लिये कहा है अन्य के लिये नहीं ॥ ५ ॥ ब्रह्मी भूत संन्यासी के लिये न सूतक रखना चाहिये, न उसको दाह देना चाहिये, न पिण्ड तर्पण करना चाहिये, न श्राद्ध ॥ ६ ॥ जैसे पके हुए को फिर से नहीं पकाया जाता, जले हुए को जलाया नहीं जाता, वैसे ही जिसका देह ज्ञानग्नि से जला हुआ है उसका न श्राद्ध होता है न क्रिया ॥ ७ ॥ जब तक उपाधि नाश न हो तब तक गुरु की सेवा करनी चाहिये और गुरु के समान उनकी स्त्री तथा पुत्रों के साथ वर्ताव करना चाहिए ॥८॥ जब "शुद्ध मन वाला, शुद्ध चैतन्यरूप सहिष्णु मैं हूँ, मैं ही सहिष्णु हूँ," इस प्रकार का ज्ञान प्राप्त होने पर, ज्ञान से अनुभव स्वरूप ज्ञेयरूप परमात्मा हृदय में भली प्रकार आरूढ़ होजाय और देह शांतिपद को प्राप्त होजाय, तब वह मन और बुद्धि से रहित चैतन्य रूप होजाता है। अमृत से तृप्त हुए पुरुष को जल से क्या प्रयोजन ? उसी प्रकार अपने आत्मा को जानने के पश्चात् वेदों से क्या प्रयोजन हो सकता है ? ज्ञानामृत से तृप्त हुए योगी को कुछ भी कर्तव्य नहीं रहता और यदि कर्तव्य है तो वह ज्ञानी

भी नहीं है। दूर स्थित होने पर भी वह दूर नहीं है और पिण्ड में स्थित हुए भी वह पिण्ड से भिन्न ऐसा प्रत्यगात्मा सर्वव्यापी है। हृदय को निर्मल करके और निरंजन का चिंतवन करके 'सर्व रूप ब्रह्म मैं हूँ परम सुख रूप ब्रह्म मैं हूँ' ऐसा जाने ॥९॥ जिस प्रकार जलमें जल, दूधमें दूध और घी में घी डालने से एक रूप होजाता है वैसे ही जीवात्मा और परमात्मा एक रूप हो जाते हैं ॥१०॥ ज्ञानसे देह दग्ध होने के पश्चात् जब बुद्धि अखंडाकार रूप होजाती है तब बुद्धिमान् पुरुष ज्ञानाग्नि से कर्म बन्ध को दग्ध करता है। पश्चात् शुद्ध वस्त्र के समान, पवित्र, अद्वैत रूप परमात्मा में प्राप्त होकर, जैसे जल में जल मिल कर एक रूप होजाता है, वैसेही वह उपाधिरहित अपने स्वरूपमें स्थित होजाता है ॥११॥ आत्मा आकाश के समान सूक्ष्म है तथा वायु के समान अदृश्य है। आत्मा बाह्य और आभ्यंतरमें निश्चल है और वह ज्ञान दोष से दीखता है ॥१२॥ ज्ञानी कहीं भी और कैसे भी मरे जैसे आकाश सब स्थान पर है वैसा ब्रह्म सर्व व्यापक होनेसे ज्ञानी उसी स्थान पर ब्रह्म में विलीन हो जाता है ॥१३॥ आकाश में घटाकाश के समान जो अपना तत्त्व से लय जान लेता है वह सब ओर से निरालंब और ज्ञान स्वरूप ब्रह्म का प्रकाश पाता है ॥१४॥ यदि मनुष्य एक पाद पर स्थित होकर सहस्र वर्ष तक तपस्या करे तो भी वह ध्यान योग की सोलहवीं कला के बराबर भी नहीं हैं ॥१५॥ जितना ज्ञान है और जितना ज्ञेय है उस सबको यदि कोई जानना चाहे तो सहस्र वर्षों में भी शास्त्रों का अन्त नहीं

Scanned by CamScanner

पावेगा॥१६॥जानने योग्य एक केवल अक्षर परब्रह्म है और दूसरी यह जानने योग्य बात है कि मनुष्य का जीवन चंचल है, इसलियेशास्त्रों के आडंबर को छोड़कर, जो सत्य है उसकी उपासना करो ॥१७॥ नाना प्रकार के कर्म, शौच, जप, यज्ञ, तीर्थ यात्रा, सब कुछ वहीं तक हैं जहां तक तत्व की प्राप्ति न हुई हो ॥१८॥ "मैं ब्रह्म हूं" यह भाव ही महात्माओं के मोक्ष का हेतु है। बन्ध और मोक्ष के लिये दो ही शब्द है, एक 'मेरा नहीं' और दूसरा 'मेरा' ॥१९॥ मेरा कहने ही से बन्धन होता हैं और 'मेरा' को त्यागने ही से मोक्ष होता हैं। मन जब उन्मनी भाव का प्राप्त होता हैं तब द्वैतभाव नहीं रहता ॥२०॥ उन्मनी भाव को प्राप्त होना ही परमपद है; उन्मनी अवस्था में जहां जहां मन जाय वहीं पर परमपद है ॥२१॥ सर्वत्र अवस्थित परब्रह्म ही है। जैसे आकाश में कोई घूंसा मारे या भूख लगने पर धान के बदले भूसी कूटे (उसके ये व्यवसाय जैसे निरर्थक होते हैं)॥२२॥ उसी प्रकार जो 'मैं ब्रह्म हूं, इस बात को नहीं जानता उसका मोक्ष नहीं होता।

जो इस उपनिषत् को नित्य पढ़ता है वह अग्नि, वायु, सूर्य, ब्रह्मा, विष्णु, और शंकर के समान पवित्र हो जाता है उसको सब तीर्थों में स्नान करने का फल मिलता है, उसको सब वेदों के अध्ययन का फल मिलता है और सब वेद विहित व्रत आचरण करने का फल प्राप्त होता है। उसको इतिहास पुराण आदि पढ़ने का तथा रुद्र का लाखों जप करने का और

दस हजार प्रणव के जप का फल मिलता है उसकी आगे की और पीछे की दस दस पीढ़ियां पवित्र हो जाती हैं, और वह अपने साथ बैठने वालों को पावन करता है। वह महान होता है ब्रह्महत्या, सुरापान, सुवर्ण की चोरी, गुरु स्त्री गमन तथा ऐसे पाप करने वाले से संगति रखने के पाप से वह मुक्त हो जाता है।

आंख जैसे समस्त आकाश को देखती है वैसे ही विद्वान् ब्राह्मण विष्णु पद को स्पष्ट देखता है, वे सदा खुली आंख से उसे देखते हुए उस विष्णु पद की स्तुति कर उसको प्रकाश करते हैं। ॐ सत्य है, यह उपनिषत् है।

॥ इति पैङ्गलोपनिषत् समाप्त ॥

वेदान्त

Scanned by CamScanner

शाण्डिल्योपनिषत् ।

[४१]

शाण्डिल्य ने अथर्वा से कहा, 'आत्म प्राप्ति के लिये साधन रूप ऐसे अष्टांग योगका मुझे उपदेश दीजिये' अथर्वा ने उत्तर दिया, हे शाण्डिल्य यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि,—ये योग के आठ अंग हैं। योग में यम दस हैं, और उतने ही नियम हैं। आसन आठ हैं। प्राणायाम तीन हैं। प्रत्याहार पांच हैं और उतनी ही धारणाएं हैं। ध्यान दो प्रकार का है और समाधि एक ही है। इसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, जप, क्षमा, धृति, मिताहार और शौच—यह दस यम हैं। मन वचन और कर्म से किसी भूत प्राणी को किसी समय क्लेश पहुँचाना हिंसा है (इससे विपरीत अहिंसा है) मन, वचन और कर्म से सब भूत प्राणियों के हित के अर्थ यथार्थ भाषण करना सत्य कहलाता है। मन, वचन और कर्म से दूसरे के धन के लिये निस्पृह रहना अस्तेय है। मन, वचन और कर्म द्वारा सर्वदा सर्वत्र मैथुन का त्याग ब्रह्मचर्य कहा जाता है। सर्व भूत प्राणियों में सदा अनुग्रह (प्रेम) रखना दया है। कोई विहित आचरण करे या कोई अविहित आचरण करे उनके प्रवृत्ति निवृत्ति में सदा समान रहना, इसको आर्जव कहते हैं। कोई प्रिय हो या अप्रिय हो उन सबके सत्कार या तिरस्कार

को सहन करना क्षमा कही जाती है। अर्थ की हानि होने पर अथवा इष्ट मित्र का वियोग होने पर अथवा इनकी प्राप्ति होने पर मन को स्थिर रखना, इसको धृति कहते हैं। चौथाई पेट खाली रखकर स्निग्ध (चिकना) और मधुर आहार करना मिताहार कहा जाता है। बाह्य और आभ्यंतर मिलकर दो प्रकार का शौच होता है; मृत्तिका और जल से बाह्य शौच होता है और मन को शुद्ध करना आंतर शौच है, वह अध्यात्म ज्ञान से प्राप्त होता है ॥१॥

तप, सन्तोष, आस्तिकता, दान, ईश्वरपूजा, सिद्धान्त श्रवण, लज्जा, मति, जप और व्रत—ये दस नियम हैं। विधि के अनुसार कृच्छ्र चांद्रायणादि द्वारा शरीर को क्षीण करना तप हैं। जो कुछ सहज प्राप्त हो उसी में आनन्द मानना संतोष है। वेद में कहे हुए धर्म और अधर्म के निर्णय में विश्वास रखना यह आस्तिक्य है। न्याय से उपार्जित धन और धान्य, जिसको आवश्यकता हो उसको, श्रद्धा पूर्वक देने का नाम दान है। प्रसन्नता पूर्वक और यथा शक्ति विष्णु शिव आदि देवताओं का पूजन करना वही ईश्वर पूजन कहा है। वेदांत वाक्यों के अर्थ का विचार करना यह श्रवण है। वेद वचन के अनुसार अथवा लौकिक रीति के अनुसार जो कर्म बुरे माने गये है, उनके करनेमें लज्जा रखने को लज्जा कहते हैं। वेद विहित मार्ग में श्रद्धा रखने का नाम मति है। वेद से विरुद्ध न हो ऐसे मंत्र का गुरु से उपदेश लेकर उसका वारंवार उच्चारण करने को जप कहते हैं। जप दो

Scanned by CamScanner

प्रकार का होता है; वाचिक और मानस। मन से ध्यान पूर्वक जप करते हैं उसको मानस जप कहते है। वाचिक जप दो प्रकार से होता हैं; उच्च ध्वनि से और धीरे स्वर से। मंत्र का उच्च ध्वनि से उच्चारण करने से यथोक्त फल होता है, धीरे स्वर से मंत्र जपने से सहस्र गुणा और मन ही मन जाप करने से कोटि गुणा फल होता है। वेदोक्त विधि निषेध का नित्य अनुष्ठान करना व्रत है ॥ २ ॥

स्वस्तिकासन, गोमुखासन, पद्मासन, वीरासन, सिंहासन, भद्रासन, मुक्तासन, और मयूरासन—ये आठ आसन हैं। घोंटू और जांघ के बीच में पैर के तलुए रखकर सीधे बैठना उसको स्वस्तिकासन कहते है ॥ १ ॥ पीठ के पीछे बाईं ओर दाहिने पैर की एड़ी और दाहिनी ओर बाएं पैर की एड़ी लगाकर दोनों हाथों से परस्पर अंगूठे पकड़ कर गोमुखाकार बनाकर बैठने से गोमुखासन होता है ॥ २ ॥ बाईं जांघ पर दाहिने पैर का तलुआ और दाहिनी जांघ पर बाएं पैर का तलुआ रखकर बैठने से, हे शाण्डिल्य, सबको पूजनीय ऐसा पद्मासन हो जाता है ॥ ३ ॥ बाईं जांघ पर दाहिना पैर और दाहिनी जांघ पर बायां पैर रखने से वीरासन होता है ॥ ४ ॥ दाहिनी जांघ में बाईं एड़ी और बाईं जांघ में दाहिनी एड़ी लगाकर हाथ घोंटू पर रखते हुए हाथ की उंगलियां पसार रखे ॥ ५ ॥ और मुख फाड़कर दृष्टि नासिकाग्र रखे—इस प्रकार सावधान बैठने से योगियों को पूजनीय ऐसा सिंहासन हो जाता है ॥ ६ ॥ बायां पैर गुदा और

लिंग के बीच में लगाकर दाहिना पैर लिंग के ऊपर लगावे और भ्रूमध्य में ध्यान लगावे, इसको सिद्धासन कहते हैं ॥ ७ ॥ एड़ियों को वृषण के नीचे सीवनी के बाजू में लगाकर और दोनों हाथों से उनको दृढ़ जमाने से सब रोगों को और विष को दूर करने वाला भद्रासन होता है ॥ ८ ॥ सीवनी के बाईं ओर दाहिने पैर की एड़ी से दाहिनी ओर बाएं पैर की एड़ी से सीवनी को दबाकर बैठना उसको मुक्तासन कहते है ॥ ९ ॥ दोनों हाथों की हथेलियां जमीन पर टेककर हाथ की कोनियां नाभि के पास रखे ॥ १० ॥ और सिर तथा पैर अधर ऊँचे उठाकर दंडाकार हो जाय—सर्व दोषों को दूर करने वाला ऐसा यह मयूरासन हो जाता है ॥ ११ ॥ आसन से शरीरगत सब रोग नष्ट हो जाते हैं, तथा विष भी पच जाता है। जो अशक्त हो वह जिस किसी आसन को सुखपूर्वक कर सके उसी को करे। जिसने आसन साध लिया उसने तीनों जगत जीत लिये यम नियम से संयुक्त पुरुष प्राणायाम का आचरण करे, इससे नाड़ियां शुद्ध होती हैं ॥ ३ ॥ पश्चात् शाण्डिल्य ने अथर्वा से पूछा, 'किस उपाय से नाड़ियां शुद्ध होती हैं ? नाड़ियां कितनी हैं और उनकी उत्पत्ति किस प्रकार होती ? है उनमें कितने वायु होते हैं और उनके स्थान कौन से हैं ? उनके कर्म क्या होते हैं—यह तथा शरीर में और जो कुछ जानने योग्य हो सब मुझे बता दीजिये'।

अथर्वा बोले, यह शरीर छियानवे अंगुल लंबा होता है और शरीर से प्राण द्वादश अंगुल अधिक विस्तार वाला होता

Scanned by CamScanner

है। जो योगाभ्यास से शरीर में अवस्थित प्राण को और अग्नि को समान अथवा न्यूनता रहित करता है वह उत्तम प्रकार का योगी है। मनुष्यों के देह में तप्त सुवर्ण के समान कान्ति वाला त्रिकोणाकार अग्नि स्थान होता है। पशुओं में चार कोने वाला और पक्षियों में अग्नि स्थान गोल होता है। अग्नि स्थान में छोटी सी और शोभायमान अग्नि की ज्वाला होती है। देह का मध्य गुदा के दो अंगुल ऊपर और लिंग के दो अंगुल नीचे मनुष्यों में होता है। पशुओं में उनके हृदय स्थान में और पक्षियों में पेट में होता है। मनुष्यों का देह मध्य नौ अँगुल लम्बा चार अंगुल चौड़ा और अंडे की आकृति का होता है। उसके मध्य में नाभि होती है। नाभि स्थान में बारह पखुरियों का एक चक्र होता है; पुण्य पाप से प्रेरित होकर जीव उसमें घूमा करता है तथा प्राण भी उसी में चला करता है। तन्तुओं के जाल में जैसे मकड़ी घूमा करती है वैसे ही यह प्राण उसमें घूमता रहता है। इस देह में जीव प्राण पर आरूढ़ रहता है। नाभि से ऊपर नीचे चारों ओर कुण्डलिनी का स्थान है (इसको स्कंध या कंद कहते हैं) अष्ट प्रकृतिरूप आठ आवर्त वाली कुण्डलिनी शक्ति होती है। प्राण का ठीक २ संचारण करने से अन्न जल आदि स्कंध के चारों ओर नियन्त्रित होते हैं और कुण्डलिनी शक्ति जो अपने मुखसे ब्रह्मरंध्र को ढांप कर रहती है। योगाभ्यास के समय अपान और अग्नि द्वारा चालित होती है। वह जब हृदयाकाश में पहुँचती है तब परम उज्ज्वल ऐसे ज्ञानस्वरूप को

प्राप्त होती है। मध्यस्थ कुण्डलिनी के आसरे चौदह प्रधान नाड़ियां होती हैं— इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, सरस्वती, वारुणी, पूषा, हस्तिजिह्वा, यशस्विनी, विश्वोदरी, कुहू, शंखिनी, पयस्विनी अलम्बुसा और गान्धारी—यह चौदह नाड़ियां हैं। उनमें सुषुम्ना सबको धारण करने वाली और मोक्ष के मार्गरूप कही जाती है। यह गुदा के पृष्ठ भाग से सिर के ब्रह्मरंध्र तक व्यक्त रहती है और सूक्ष्म रूप से यह महाशक्ति है। सुषुम्ना की बाईं ओर इड़ा और दाहिनीओर पिंगला होती है। इडा में चन्द्र नामा प्राण चलता है और पिंगला में सूर्यनामा प्राण चलता है। चन्द्र तमोरूप और सूर्य रजोरूप होता है; सूर्य विषवाला और चन्द्र अमृत वाला होता है। वे दोनों काल को धारण करते हैं और सुषुम्ना काल का भोग करती है। सुषुम्ना के पीछे समीप ही सरस्वति और कुहू होती है। यशस्विनी और कुहू के बीच में वारुणी रहती है। पूषा और सरस्वति के बीच में पयस्विनी व्यवस्थित है। गान्धारी और सरस्वति के बीच में यशस्विनी रहती है। कन्द में अलंबुसा रहती है। सुषुम्ना के पूर्व भाग में लिंग तक कुहू पहुँचती है; कुण्डलिनी के ऊपर और नीचे वारुणी होती है, वह चारों ओर जाती है। यशस्विनी और सौम्या पैर के अँगूठों तक पहुँचती है। पिंगला ऊपर की ओर दाहिनी नासिका तक जाती है। पिंगलाके पीछे से दाहिने नेत्र तक पूषा होती है। दाहिने कान तक यशस्विनी जाती है। जीभ के अग्रभाग तक सरस्वति रहती है।

Scanned by CamScanner

ऊपर की ओर बाएं कान तक शंखिनी जाती है। इडा के पीछे से वाएं नेत्र के अन्त तक गांधारी होती है। गुदा के मूल भाग से नीचे अनम्बुसा जाती है, इन चौदह नाड़ियों में से अन्य नाड़ियां निकलती हैं और उनसे भी फिर और और नाड़ियां निकलती हैं।

जैसे पीपल के पत्र में रेखाएं होती हैं वैसे ही यह शरीर नाड़ियों से व्याप्त रहता है। प्राण, अपान, समान, उदान, और व्यान तथा नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय—यह दश वायु सब नाड़ियों में चलते रहते हैं। मुख, नासिका, कण्ठ, नाभि दोनों चरण के अंगुष्ठ और कुण्डलिनी के ऊपर नीचे प्राण चलता है। कान, आंख, कमर, एड़ियां, नासिका, गला और चूतडों में व्यान का संचार रहता है। गुदा, लिंग, जांघें, घोंटू, पेट, वृषण, कमर, चूतड़, नाभि, गुदा और अग्नि स्थान में अपान संचार करता है। सब सन्धियों में उदान संचार करता है, सब अंगों में हाथ पैर में भी—समान संचार करता है।

खाये हुए अन्न के रस आदि को अग्नि के साथ समस्त शरीर में पहुँचा कर बहत्तर हजार नाड़ियों में चलता हुआ समान वायु अग्नि सहित सांगोपांग शरीर को व्याप कर रहता है। नाग आदि वायु त्वचा, अस्थि आदि पांच स्थानमें उत्पन्न होते हैं। पेट में रहे हुए अन्न जल आदि को रसादि में परिणत करने के लिये पेट में रहा हुआ वायु उनको अलग अलग करता है। अग्नि के ऊपर जल और जल के ऊपर अन्न आदि

रख कर और स्वयं अपान बनकर, अपान के साथ प्राण देह मे रहा हुआ ज्वलन उत्पन्न करता है। वायु से पालन किया हुआ अग्नि देह में शनैः शनैः जलता रहता है। प्राणि से अग्नि की ज्वाला पेट में अवस्थित जल को अति उष्ण कर देती है और इस जल में डाला हुआ व्यंजनों के सहित अन्न अग्नि युक्त जल से पक्व होजाता है। उसीसे पसीना, मूत्र, जल, रक्त और वीर्य इन रसों को पुरीष (पाखाना) आदि से प्राण अलग करता है। समान वायु से साथ सब नाड़ियों में रस पहुँचा कर श्वास रूपसे वायु देहमें संचार करता है। शरीरके वायु नव द्वारों से मल मूत्र आदिका विसर्जन करते हैं। श्वास, उच्छ्वास और खांसनायह प्राणके कर्महैं। मारना, ग्रहणकरना चेष्टा करना आदि कर्म व्यान करता है। देह को उठाना आदिक कर्म उदान से होते हैं। शरीर का पोषण समान का काम है। उद्गार आदि नाग के कर्म हैं, आंख मूंदना कूर्म का काम है, छींकना कृकर का काम है, तन्द्रा देवदत्त का और नाक छिनकना धनंजय का काम है। इस प्रकार नाड़ियों के स्थान और प्राणों के स्थान तथा उनके कर्म ठीक २ जानकर नाड़ी शोधन करना चाहिये ॥ ४ ॥

अध्ययन समाप्त करके, सत्यधर्म से चलने वाला क्रोध को जीतने वाला गुरु शुश्रूषा में तत्पर, माता पिता की आज्ञा पालन करने वाला अपने आश्रम के योग्य आचार जिसने गुरूओं से जान लिये हों ऐसा पुरुष सब संग का त्याग करके यम नियम से युक्त होकर फल मूल और उदक से समृद्ध तपो-

Scanned by CamScanner

वन में चला जाय। वह तपोवन भी रमणीय देश में हो, उसके चारों ओर वेदपाठ होता हो और स्वधर्म निरत ब्राह्मण समाज निवास करता हो। वह फल मूल पुष्प तथा जल से समृद्ध हो। ऐसे देवभूमि समान तपोवन में नदी के किनारे, गाँव में अथवा नगर में बहुत सुन्दर ऐसा मठ बनावे। मठ बहुत ऊंचा न होना चाहिये न बहुत नीचा और उसका द्वार छोटा होना चाहिये। उसको गोबर से खूब लीप कर और भली प्रकार सुरक्षित कर वहां वेदान्त का श्रवण करते हुए योगका अभ्यास करना चाहिये।

प्रथम गणेशजी का पूजन करके अपने इष्ट देवता को नमस्कार करे और पूर्वोक्त आसनों में से जो सिद्ध हो उस आसन से मृदु आसन पर पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके बैठे। फिर विद्वान् साधक शिर और ग्रीवा समान रख, भ्रूमध्य में चंद्र मंडल का ध्यान करते हुए चन्द्र के अमृत को नेत्र से पान करे। बारह मात्रासे इड़ासे पूरक करके उदर में स्थित ज्वाला युक्त अग्नि मंडल का 'र'' बीज के सहित ध्यान करे और पिंगला से रेचन करे।

पश्चात् पिंगला से पूरक करके कुंभक करे और इड़ा से रेचक करदे। तीन, चार, सात वा बारह मास पर्यंत तीनों संध्या काल में तथा बीच में मिलकर छः बार अभ्यास करने से नाड़ियां शुद्ध होती है। तब शरीर लघु और दीप्तिमान होता है; जठराग्नि बढ़ता है तथा नाद सुनाई देने लगता है।।५।।

प्राण और अपान के योग के प्राणायाम कहते हैं, रेचक, पूरक और कुंभक भेद से प्राणायाम तीन प्रकार के होते हैं। वे वर्णात्मक है, इसलिये प्रणव ही प्राणायाम है। पद्म आदि किसी आसन से बैठ कर साधक नासिका के अग्रभाग में चन्द्रमा की प्रभा से संवेष्टित, 'अ' कार स्वरूप रक्त वर्ण देह वाली, हाथ में दण्ड धारण करने वाली और हंस पर आरूढ हुई ऐसी बाल रूपा गायत्री का ध्यान करे। 'उ' कार स्वरूप शुभ्र देह वाली हाथ में चक्र धारण करने वाली गरुड़ पर आरूढ़ हुई युवती रूपा सावित्री होती है। 'म' कार स्वरूप कृष्ण देह वाली बैल पर आरूढ हुई त्रिशूलधारिणी वृद्धारूपा सरस्वति होती है। 'अ' कार आदि तीनों के सम्पूर्ण कारणरूप और पर ज्योति स्वरूप प्रणव है इस प्रकार ध्यान करे। सोलह मात्रा से बाहर के वायु को 'अ' कार का ध्यान करते हुए पूरक करे, चौसठ मात्रा से 'उ' कार का ध्यान करते हुए कुम्भक करे और 'म' कार का ध्यान करते हुये पिंगला द्वारा बत्तीस मात्रा से रेचन करे; इसी क्रम से बारंबार करना चाहिये॥ ६॥

आसन दृढ़ होने पर योगी इन्द्रियों का निग्रह करके परिमित और हितकर आहार ग्रहण करते हुए सुषुम्ना नाड़ी में स्थित मल को दूर करने के लिये पद्मासन से बैठकर चन्द्र से पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करे और सूर्य से रेचक करे; पुनः सूर्य से पूरक करके कुम्भक करे और चन्द्र से रेचन करे, जिससे

Scanned by CamScanner

रेचन करे उसीसे पूरक करके कुम्भक करे। इस विषयक ये श्लोक हैं—

प्रथम इडा से प्राण आकर्षण करके कुम्भक करके पिंगला से रेचन करे, फिर पिंगला से वायु को प्राशन करके कुम्भक करे और बाईं नासिका से रेचक कर दे। इस प्रकार नियमपूर्वक सूर्य चन्द्र का अभ्यास लगातार करते रहने से तीन मास के पश्चात् नाड़ियां शुद्ध हो जाती हैं ॥ १ ॥

प्रातःकाल, दुपहर में सायंकाल और मध्य रात्रि में मिलकर चार बार शनैः शनैः अस्सी बार तक कुम्भक का अभ्यास किया करे ॥ २ ॥ साधारण प्राणायाम में पसीना आता है, मध्यम में कम्प होता है और उत्तम कुम्भक में पद्मासन ऊपर उठ जाता है ॥ ३ ॥ श्रम से निकले हुये पसीने से शरीर का मर्दन करे, इससे शरीर लघु और दृढ़ होजाता है ॥४॥ प्रथम अभ्यास काल में घी दूध का आहार रखना चाहिये परन्तु अभ्यास स्थिर होने के पश्चात् इसकी कोई विशेष आवश्यकता नहीं है ॥ ५ ॥ जिस प्रकार सिंह, हाथी या व्याघ्र धीरे धीरे वश में किये जाते हैं उसी प्रकार वायु का सेवन करना चाहिये नहीं तो वह साधक को नष्ट कर देता है ॥ ६ ॥ सावधानतापूर्वक वायु को बाहर निकाले, सावधानतापूर्वक पूरक करे और सावधानतापूर्वक कुम्भक करे—इस प्रकार करने ही से सिद्धि प्राप्त होगी ॥ ७ ॥ प्राण को यथेष्ट धारण करने से अग्नि प्रदीप्त होता है, (अनाहत)

नाद सुनाई देता है और नाड़ी का शोधन होने से आरोग्य प्राप्त होती है ॥ ८ ॥ विधिवत् प्राणायाम करने से सब नाड़ि शुद्ध हो जाती हैं और उनमें से प्राण निकल कर सुषुम्ना मुख में सुखपूर्वक प्रवेश करता है ॥ ९ ॥ मध्य में प्राण संचार होने से मन स्थिर हो जाता है और मन का जो सुस्थि भाव है वही उन्मनी अवस्था है ॥ १० ॥ पूरक के अन्त जालंधर बंध करना चाहिए और कुम्भक के अन्त में और रे के आदि में उड्डियान बंध करना चाहिये ॥ ११ ॥ नीचे (गुदासे) संकोचन करके त्वरित कण्ठका संकोचन करे और वी पश्चिमतान करने से प्राण ब्रह्मनाड़ी में गमन करता है ॥ १ अपान को ऊर्ध्व उठाकर प्राण को कण्ठ से नीचे ले जाने योगी जरा मरण से रहित होकर सोलह वर्ष का युवा जाता है ॥ १३ ॥

सुखासन से बैठ कर दाहिनी नासिका से बाहर रहा हु पवन भीतर खींचे, केश और नखों तक वायु को पूरण क रोक रखे और बाईं नासिका से रेचक कर दे। ऐसा करने कपाल की शुद्धि होती है और प्राण संचार की नाड़ियों के रोग नष्ट हो जाते हैं। हृदय से लेकर कंठ तक शब्द आवाज क हुए नासिका से धीरे २ पवन को खींचे और यथा शक्ति कुम्भ करके इड़ा से रेचक करे-ऐसा चलते बैठते हर समय किया क इससे कफ दोष दूर होते है तथा जठराग्नि बढ़ती है। मुख सीत्कार करते हुए वायु को खींचकर, यथा शक्ति कुम्भक क

Scanned by CamScanner

नासिका से रेचक करे। इससे भूख, प्यास आलस और निद्रा नहीं उत्पन्न होते। जीभ से वायु ग्रहण करके यथा शक्ति कुम्भक करने पर नासिका से रेचन करे; ऐसा करने से गुल्म, प्लीहा, ज्वर, पित्त और क्षुधा आदि निवृत्त हो जाते हैं।

अब कुंम्भक कहते हैं। कुम्भक दो प्रकार के होते हैं; सहित और केवल। रेचक पूरक के सहित करते है उसको सहित कुंम्भक और रेचक पूरक न करते हुए करते है उसको केवल कुंम्भक कहते हैं। केवल कुंम्भक सिद्ध न हो वहां तक सहित कुंम्भक करना चाहिये। केवल कुंम्भक सिद्ध हो जाने पर उसके लिये तीनों लोकों में कुछ भी दुर्लभ नहीं है। केवल कुंम्भक से कुण्डलिनी जागृत होजाती है, तब शरीर कृश (हलका) होजाता है, मुख प्रसन्न रहता है और दृष्टि निर्मल हो जाती है। उसको अनाहत ध्वनि सुनाई देता है; वह समस्त रोगों से मुक्त रहता है; उसका ब्रह्मचर्य अखंड रहता है और उसकी जठराग्नि तीव्र होजाती है।

अंतर में ध्यान रखना और बाहर बिना पलक गिराये एकसी दृष्टि रखना,—यही सब शास्त्रों में बताई हुई वैष्णवी मुद्रा है॥ १४॥ अन्तर के ध्यान में जिसका मन और प्राण विलीन होगया हो उसकी बहिर्दृष्टि नीची और निश्चल होती है, आंख का तारा तक नहीं हिलता. वह देखता कुछ नहीं परन्तु देखता सा प्रतीत होता है। जब यह कल्याण-कारिणी खेचरी मुद्रा एक ही लक्ष्य वाली होती है, तब शून्य

और अशून्य से रहित ऐसे पद की प्राप्ति होती है वही वैष्णवी पद है॥१५॥

आधी आंखें मूंद कर मनको स्थिर करते हुए दृष्टि नासिकाग्र रखे और चंद्र और सूर्य को विलीन करके प्राण निष्पंद भावको प्राप्त करे। इसके पश्चात् बाह्य जगत से रहित दैदीप्यमान परम-ज्योति स्वरूप, सबका आधार; ऐसा तत्त्व रह जाता है, हे शाण्डिल्य, उसको तू यहां जान ले॥१६॥ तारका को किंचित् ऊँची चढ़ा के भ्रुकुटी में लाकर ज्योति में मिलावे; यह त्वरित उन्मनी भाव को प्राप्त कराने वाले मार्ग का प्रथम अभ्यास है॥१७॥ इसलिये खेचरी मुद्रा का अभ्यास करे, उससे उन्मनी अवस्था प्राप्त होती है और उन्मनी से योग निद्रा प्राप्त होती है। योग निद्रा जिसको प्राप्त होती है उस योगी के लिये काल नहीं है। शक्ति में मन प्रविष्ट कराकर मनमें शक्ति प्रविष्ट कर और मनसे मनको देखकर हे शाण्डिल्य, सुखी होजा!॥१८॥ मन को आकाश में धार कर मनमें आकाश करदे इस प्रकार सब आकाश मय कर किसी की भी चिन्ता मत कर यानी भिन्न वृत्ति उठने मत दे॥१९॥ बाह्य विषय का चिन्तवन न कर वैसे ही आंतर का चिन्तवन छोड़ दे, इस प्रकार सब चिन्तवन छोड़ कर केवल चैतन्य स्वरूप होजा॥२०॥ जिस प्रकार अग्नि में कपूर अथवा जल में नमक लीन हो जाता है इसी प्रकार मनका लय हो जाने से वह तत्त्व में विलीन होजाता है॥२१॥ जितना जानने में आता है वह ज्ञेय है और उसका ज्ञान ही मन है; जब ज्ञान

Scanned by CamScanner

और ज्ञेय दोनों नष्ट हो जांय तब और दूसरा मार्ग ही नहीं है ॥ २२ ॥ ज्ञेय वस्तुओं का त्याग करने में मन का लय हो जाना है और मन का लय हो जाने से कैवल्य ही शेष रहता है ॥ २३ ॥ हे मुनीश्वर चित्त के नाश के लिये ज्ञान और योग दो मार्ग हैं; योग वृत्ति निरोध को कहते हैं और यथार्थ देखने को ज्ञान कहते हैं ॥ २४ ॥ उस निरोध में मन बहुत उपशान्त होजाता है और मनका स्फुरण बंद होजाने से संसार का भी लय होजाता है ॥ २५ ॥ सूर्य प्रकाश चला जाने पर (रात में) जैसे सब व्यवहार बन्द होजाता है, वैसे ही शास्त्र का विचार और सज्जनों की संगति तथा वैराग्य और अभ्यास के (संसार नष्ट हो जाता है) ॥ २६ ॥ संसार के पदार्थों में पहिले जो आसक्ति थी उसका नाश होने से, इच्छानुसार ध्यान करने से अथवा अद्वैत का मनन करने से ॥ २७ ॥ या दृढ़ता से एक तत्त्व का अभ्यास करने से प्राण का स्पन्दन बन्द होजाता है अथवा सुखकर ऐसा पूरकादि प्राणायाम का दृढ़ अभ्यास करने से प्राण की गति रुक जाती है ॥ २८ ॥ एकान्त में रहकर ध्यान योग करने से स्फुरणा बंद होजाती है। ओङ्कार के उच्चारण के पश्चात् (अमात्र रूप) जो शब्द तत्त्व रहता है उसका अनुभव करने से अथवा सुषुप्ति का प्रत्यक्ष ज्ञान करने से प्राण की गति रुक जाती है ॥२९॥ तालु के मूल में जो उपजिह्वा होती है उसके पीछे जीभ को प्रयत्नपूर्वक डालने पर प्राण जब ऊर्ध्व रंध्र में जाते हैं, तब प्राण की गति रुक जाती

है ॥ ३० ॥ प्राण में जानने का (मनका) लय होकर अभ्यास वंश तालु के ऊपर प्राण द्वादशान्त में जाने से ऊर्ध्व रंध्र द्वारा प्राण का स्पन्दन नहीं होता ॥ ३१ ॥ नासिका के अग्र भाग में बारह अंगुल तक निर्मल आकाश में मन स्थिर हो जाने से प्राण की गति रुक जाती है ॥ ३२ ॥ भ्रूकुटी के मध्य में तारका और ज्योति के शान्त होने पर प्राण जब द्वादशान्त में जाते हैं और मन के संकल्प बंद होते हैं तब प्राण का निरोध हो जाता है ॥ ३३ ॥ जितना ज्ञान उत्पन्न हो वह संकल्प विकल्पों से पर ऐसा ज्ञेयरूप कल्याणकारक ॐ ही है ऐसा अनुभव करने से प्राण का रोध हो जाता है ॥ ३४ ॥ हे मुने हृदय में रहे हुए आकाश का चिरकाल तक ध्यान करने से और वासना रहित मनका ध्यान करने से प्राण निःस्पन्द हो जाता है ॥ ३५ ॥ इन मार्गों से अथवा अन्य प्रकार से, जो नाना योग के आचार्यों ने रचे हैं और कहे है, प्राण का निरोध होता है ॥ ६ ॥

(अपान द्वार का) आकुंचन करके मोक्ष के द्वार रूप कुण्डलिनी का द्वार खोले। जिस द्वार से जाना है उस द्वार को मुख से ढांप कर सर्पिणी के समान लपेटे लगाये हुए कुण्डलिनी सोती है। उस शक्ति का जिसने चालन किया है वह मुक्त ही है। वह कुण्डलिनी यदि कन्ठ के ऊपर जाकर सोवे तो वह योगियों को मुक्ति देने वाली होती है और नीचे सो जाय तो वह मूढ़ों के बंधन का हेतु बनती है। वह इड़ा पिंगला के दो मार्ग छोड़कर यदि सुषुम्ना के मार्ग से जाय तो वही विष्णु का

Scanned by CamScanner

परमपद है। प्राणायाम के जितने अभ्यास हैं सब में मन का योग देना अवश्य है। बुद्धिमानों को प्राणायाम के अभ्यास के समय मन को इधर उधर नहीं जाने देना चाहिये ॥ ३७ ॥ दिन में विष्णु (प्राण) की पूजा नहीं करनी चाहिये न केवल रात में; केवल दिन या रात्रि में ही नहीं, हमेशा विष्णु की पूजा करनी चाहिये ॥ ३८ ॥

जान देने वाले विवर में पांच स्रोत हैं, वहां खेचरी मुद्रा होती है, हे शाण्डिल्य उसका अभ्यास कर ॥ ३९ ॥ दाहिनी और बांई नाड़ी में प्राण चला करता है। वह यदि बीच में स्थिर हो जाय तो वहीं खेचरी है, उसमें कोई शंका नहीं है ॥ ४० ॥ इड़ा और पिंगला के बीच में प्राण शून्य हो जाय, तो वहीं खेचरी मुद्रा है और वहीं सत्य प्रतिष्ठित है ॥ ४१ ॥ चन्द्र और सूर्य के बीच निराधार स्थान में आकाश चक्र (सहस्रार) में खेचरी मुद्रा होती है ॥ ४२ ॥ छेदन चालन और दोहन द्वारा कपाल तक जीभ लम्बी बढ़ाकर दृष्टि भ्रूकुटी के मध्य में स्थापन करके वह लम्बी जीभ उलटी करके कपाल विवर में जब प्रविष्ट की जाती है तब खेचरी मुद्रा होती है। इसमें जिह्वा और चित्त आकाश में रहते हैं, इसलिये जिसकी जिह्वा ऊर्ध्व है वह पुरुष अमर हो जाता है। वाम चरण लिंग मूल में दबावे और दाहिना चरण लम्बा पसारे; लम्बे पैर को दोनों हाथ से पकड़ कर नासिका से वायु पूरण करे; पश्चात् जलधर बंध करके वायु को ऊर्ध्व धारण कर रखे। ऐसा करने से सब क्लेश दूर हो

जाते हैं। तब विष भी अमृत के समान पच जाता है तथा क्षय; गुल्म गुदावर्त, जीर्णत्वक् आदि रोग नष्ट हो जाते हैं। यह प्राण जय का उपाय सब प्रकार के मृत्यु को दूर करने वाला है। वामपाद के एड़ी को लिंग के नीचे लगाकर दाहिना पाद बाईं जांघ पर रखे, फिर पूरक करके हृदय में ठोड़ी लगावे और योनि (गुदा के ऊपर लिंग के नीचे का स्थान) आकुंचन करके मन से बने उतना समय आत्मा का ध्यान करे; इससे अपरोक्ष ज्ञान सिद्ध होता है। बाहर से वायु को खींच कर उदर में धारण करे फिर नाभि में, नासिका के अग्र भाग में तथा चरण के अंगूठे में युक्ति पूर्वक ॥ ४३ ॥ मन से प्राण को धारण करे इस प्रकार हमेशा सायंकाल अभ्यास करने से योगी सब रोगों से तथा परिश्रम से मुक्त हो जाता है ॥ ४४ ॥ नासिका के अग्र भाग में प्राण धारण करने से प्राण जय होता है, नाभि में करने से सब रोग नष्ट हो जाते हैं। चरणांगुष्ठ में प्राण धारण करने से शरीर लघु हो जाता है। जीभ से वायु को आकर्षण करके उसका जो पान करता है, उसको परिश्रम तथा उष्णता नहीं सताती और उसको कोई रोग भी नहीं होता ॥ ४५ ॥ संध्या समय ब्राह्म मुहूर्त पर जो पुरुष यह प्राणायाम करता है, तीन महीने के अन्दर कल्याणकारिणी सरस्वति उसकी वाणी में उपस्थित होती है ॥ ४६ ॥ और इस प्रकार छः महीने अभ्यास करने से सब रोग दूर हो जाते हैं। जिह्वा से वायु को खींचकर जिह्वा मूल में धारण करे। जो विद्वान् पुरुष इस प्रकार अमृत का

Scanned by CamScanner

पान करता है उसको सर्व मंगल प्राप्त होता है ॥ ४७ ॥ इड़ा से पूरक करके भ्रकुटी के मध्य में मन से आत्मा की धारणा कर अमृत का पान करता है, वह रोगी हो तो भी रोग से मुक्त हो जाता है ॥ ४८ ॥ पेट के पार्श्व की दोनों नाड़ियों से प्राण धारण करके नाभि में उसका एक घड़ी भर जो वहन करता है वह सब व्याधियों से मुक्त हो जाता है ॥ ४९ ॥ एक मास तक तीनों संध्याकाल में जो जिह्वा से वायु खींचता है और अमृत को पिलाकर पेट में धारण करता है ॥ ५० ॥ उसके सब प्रकार के ज्वर तथा विष नष्ट हो जाते हैं। जो एक मुहूर्त भर भी नित्य नासिका के अग्र भाग में मन सहित प्राणों को स्थिर करता है ॥ ५१ ॥ उसके सैकड़ों जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं।

तारे में संयम करने से सब विषयों का ज्ञान होता है। नासिका के अग्र भाग में चित्त का संयम करने से इन्द्रलोक का ज्ञान होता है। उसके नीचे संयम करने से अग्नि लोक का ज्ञान होता है। आँख में चित्त का संयम करने से सब लोकों का ज्ञान होता है। कान में चित्त का संयम करने से यमलोक का ज्ञान होता है। उसके पार्श्व में संयम करने से निर्ऋति लोक का ज्ञान होता है। पृष्ठ भाग में संयम करने से वरुण लोक का ज्ञान होता है। बायें कान में संयम करने से वायु लोक का, कण्ठ में संयम करने से चन्द्रलोक का, दाईं आँख में संयम करने से शिवलोक का और शिर में संयम करने से ब्रह्मलोक का ज्ञान होता है। पाद के नीचे के भाग में संयम करने से अतल लोक का,

पाद में संयम करने से वितल लोक का, पैर के गोड़ की पुरवा में संयम करने से नितल लोक का, पिंडली में संयम करने से सुतल लोक का, घुटने में संयम करने से महातल लोक का, जाँघ में चित्त का संयम करने से रसातल लोक का, कमर में चित्त का संयम करने से तलातल लोक का, नाभि में चित्त का संयम करने से भूलोक का, कुक्षि (कुक्ष) में संयम करने से भुवर्लोक का, हृदय में चित्त का संयम करने से स्वर्लोक का, हृदय के ऊर्ध्व भाग में चित्त का संयम करने से महर्लोक का, कण्ठ में चित्त का संयम करने से जनलोक का, भ्रूमध्य में चित्त का संयम करने से तपोलोक का और शिर में चित्त का संयम करने से सत्यलोक का ज्ञान होता है। धर्म और अधर्म में संयम करने से भूत और भविष्यत् का ज्ञान होता है। वाणी की ध्वनि में संयम करने से सब जन्तुओं की भाषा का ज्ञान होता है। संचित कर्मों में चित्त का संयम करने से पूर्व जन्म का ज्ञान होता है। दूसरे के चित्त पर संयम करने से उसके चित्त का ज्ञान हो जाता है। शरीर के रूप पर चित्त का संयम करने से अपना शरीर दूसरे किसी को दिखाई नहीं देता। बल में संयम करने से हनुमान आदि का सा बल प्राप्त होता है। सूर्य में चित्त का संयम करने से भुवनों का ज्ञान होता है। चन्द्र में संयम करने से तारागणों की रचना का ज्ञान होता है और ध्रुव में संयम करने से उनकी गति का ज्ञान होता है। अपने में संयम करने से पुरुष का ज्ञान होता है। नाभि चक्र में संयम करने से शरीर की

Scanned by CamScanner

रचना का ज्ञान होता है। कण्ठ कूप में संयम करने से क्षुधा तृष्णा निवृत्त होजाती है। कूर्म नाड़ी में संयम करने से स्थिरता प्राप्त होती है। तारे में संयम करने से सिद्धों का दर्शन होता है। शरीर गत आकाश में संयम करने से आकाश में गमन करने की शक्ति आती है और उन २ स्थानों में संयम करने से उन २ सम्बन्धी सिद्धियां प्राप्त होती हैं ॥ ७ ॥

अब प्रत्याहार का वर्णन करते हैं। प्रत्याहार पांच प्रकार का होता है विषयों में भटकने वाली इन्द्रियों को बलपूर्वक खींच लेने को प्रत्याहार कहते हैं। जो कुछ दीखता है वह सब आत्मा है, यह प्रत्याहार है नित्य और विहित कर्मों के फल का त्याग करना प्रत्याहार है। सब विषयों से मुंह मोड़ना प्रत्याहार है। अठारह मर्म स्थानों पर क्रम से धारण करना प्रत्याहार है। पैर के अंगूठे, एड़ियां पिंडलियां, घोंटू, जांघें, गुदा, मेढ्र, नाभि, हृदय, कंठ कूप, तालु, नासिका, आंख, भ्रूमध्य, ललाट और शिर,—ये स्थान हैं, इन स्थानों में नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे, इस प्रकार क्रम क्रम से प्रत्याहार करें ॥ ८ ॥

अब धारणा कहते हैं। धारणा तीन प्रकार की होती है, आत्मा में मन को धारणा करना, अंतराकाश में बाहर के आकाश को धारण करना और पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश में पांच मूर्तियों की धारणा करना ॥ ९ ॥

अब ध्यान कहते हैं। ध्यान दो प्रकार का होता है; सगुण और निर्गुण। सगुण ध्यान मूर्ति का होता है और निर्गुण ध्यान आत्मा के यथार्थ स्वरूप का होता है ॥१०॥

अब समाधि कहते हैं—जीवात्मा और परमात्मा को त्रिपुटी रहित परमानन्द स्वरूप और शुद्ध चैतन्य स्वरूप एकता की अवस्था समाधि है ॥११॥

॥ इति प्रथम अध्याय ॥

ब्रह्मऋषि शाण्डिल्य को चारों वेदों में जब ब्रह्मज्ञान नहीं प्राप्त हुआ तब वह भगवान अथर्वा के पास ब्रह्मज्ञान के लिये आये और उनसे कहा, 'हे भगवन्, मुझे ब्रह्मज्ञान का उपदेश दीजिये, जिससे मैं कल्याणको प्राप्त होऊं।' अथर्वा ऋषि बोले, 'हे शाण्डिल्य, ब्रह्म सत्य, विज्ञानमय और अनन्त है जिसमें यह दृश्य ओत प्रोत है, जिसमें यह ताने बाने की तरह भरा हुआ है और जिसके जानने से यह सब जाना हुआ होजाता है। वह हाथ, पैर से रहित है. उसको आंख, कान वा जीभ नहीं है; न उसको शरीर है, न उसका ग्रहण वा निर्देश हो सकता है। जहां से मन सहित वाणी (यानी इन्द्रिय) विना उसको प्राप्त किये ही लौट जाती है और जो केवल ज्ञानगम्य है; जहां से प्रज्ञा और वेद की उत्पत्ति है, जो अद्वितीय और

Scanned by CamScanner

एक है, आकाश के समान जो सर्व व्यापक है, सूक्ष्म है, निरंजन निष्क्रिय, और सत्स्वरूप है, जो चिदानन्दस्वरूप, कल्याणस्वरूप शान्त और अमृत है, वही परब्रह्म है वह तू है। जो एक मात्र देव है, आत्मशक्ति में प्रधान है, जो सर्वज्ञ, सब भूतों का अंतरात्मा, सब भूतों का निवास स्थान है, जो सब भूतों में छुपा हुआ है, जहां से सब भूत उत्पन्न हुये है और जो केवल योग द्वारा ही पाया जाता है; जो विश्व को उत्पन्न करता है, धारण करता है और नष्ट करता है वही आत्मा है, उसको ज्ञान से ही जानले। आत्मा में उन उन लोकों का ज्ञान कर। शोच मत कर आत्म विज्ञानी के शोक का अन्त होजाता है!'

॥ इति द्वितीय अध्याय ॥

अब शाण्डिल्य ने अथर्वा से पूछा. 'जब परब्रह्म एक अक्षर, निष्क्रिय शिव और केवल सत्स्वरूप है, तब यह विश्व किस प्रकार उत्पन्न होता है, किस प्रकार रहता है और किस प्रकार लय होता है? मेरा यह संशय आप दूर करें।' अथर्वा बोले, 'हे शाण्डिल्य परब्रह्म सत्य ही निष्क्रिय और अक्षर है। तथापि इस अरूप ब्रह्म के तीन रूप हैं, सकल, निष्कल और सकल निष्कल। जो सत्य विज्ञान स्वरूप, आनन्द स्वरूप, निष्क्रिय, निरंजन, सर्व व्यापक, अतिसूक्ष्म, जिसका सर्वत्र मुख है, जिसका निर्देश नहीं होता और जो अमृत है वही इसका निष्कल रूप है। इसकी जो स्वाभाविक अविद्या. मूलप्रकृति अथवा सत्व

रज और तमोगुण रूप माया है, उसकी सहायता से कृष्णपिंगल स्वरूप महेश्वर विश्व का नियन्त्रण करते हैं, यह ब्रह्म का सकल निष्कल रूप है। जब वह ज्ञानमय तपसे वृद्धि को प्राप्त हुआ तब उसने इच्छा की कि 'मैं एकसे बहुत हो जाऊं"। तब उस सत्य काम ईश्वर के तप से तीन अक्षर उत्पन्न हुए। इसीसे तीन व्याहृतियां, तीन पद वाली गायत्री, तीन वेद, तीन देव तीन वर्ण और तीन अग्नि उत्पन्न हुए। यही वह सर्व ऐश्वर्य से सम्पन्न, सर्व व्यापक. सर्व भूतों के हृदय में अधिष्ठित, मायावी और अपनी माया से क्रीड़ा करने वाला देव है। वही ब्रह्मा है, वही विष्णु वही रुद्र है, वही इन्द्र है, वही सब देवता है, वही सब भूत है, वही आगे है, पीछे है, दाहिनी ओर और बाईं ओर वही है, नीचे वही है, ऊपर वही है और वही सब कुछ है। अपने ही से क्रीड़ा करने वाले उस ऐश्वर्य शाली देवता की शक्ति का भक्तों पर कृपा करने वाला. लाल कमल के समान सुन्दर रूप वाला, शान्त और निष्पाप रूप से प्रकाशने वाला; चार भुजा वाला श्रीदत्तात्रय का रूप है; यह ब्रह्म का सकल रूप है' ॥ १ ॥

पुनः शाण्डिल्य ऋषि ने अथर्वा से पूछा; 'हे भगवन्, केवल सत्यस्वरूप चैतन्य और आनन्द स्वरूप ऐसे इस देवता को ब्रह्म क्यों कहते हैं?" अथर्वा बोले, 'इसे परब्रह्म इसलिये कहते है कि वह स्वयं बढ़ता है और सबको वही बढ़ाता है।' 'इसको आत्मा किस लिये कहते हैं? वही सबको प्राप्तकरता है, सबको ग्रहण करता है, सबको खाजाता है. इसी लिये उसको आत्मा कहते हैं।'

Scanned by CamScanner

'उसको महेश्वर क्यों कहते हैं ?' 'वह महान् का भी ईश्वर है अपने शब्दध्वनि से (आज्ञा से) और अपनी शक्ति से वह बड़ों से बड़ों का भी नियन्त्रण करता है, इसलिये उसको महेश्वर कहते हैं।' 'उसको दत्तात्रेय क्यों कहते हैं ?' पुत्र के लिये अति कठिन तपस्या करने वाले अत्रि ऋषि पर बहुत प्रसन्न होने के कारण भगवान् ने स्वयं ज्योतिर्मय ऐसे अपने ही को उसको दे दिया, और अनसूया और अत्रि का वह पुत्र हुआ, इसलिये उसको दत्तात्रेय कहते हैं। जो इसके निरुक्त को जानता है, वह सब कुछ जानता है। जो ज्ञान से उस श्रेष्ठ देवता को 'मैं वही हूँ' इस प्रकार से उपासना करता है वह ब्रह्मज्ञानी होजाता है। इस विषय के ये श्लोक हैं :—नीलमणि के समान कान्ति वाले, शान्त, अपनी माया में रत, देव, प्रभु, दिगम्बर, ॥ १ ॥ भस्म से जिसका सर्व अंग लेपायमान है, जो जटा मुकुट धारण करता है, प्रभु है, जिसके चार हाथ हैं और जिसका देह विशाल है और नेत्र प्रफुल्ल कमल के समान है ॥ २ ॥ जो ज्ञान और योग का खजाना है, जो विश्व का गुरु है और योगियों को जो अत्यन्त प्रिय है; जो सबका साक्षी, सिद्धों द्वारा सेवित और भक्तों पर कृपा करने वाला है ॥ ३ ॥ ऐसे सनातन देवों के देव दत्तात्रेय का सदा ध्यान करता है वह सब पापों से मुक्त होकर परम कल्याण को प्राप्त करता है। इस प्रकार ॐ सत्य है यह उपनिषत् है। इति तृतीयोऽध्यायः ॥

॥ इति शाण्डिल्योपनिषत् समाप्त ॥

कठरुद्रोपनिषत् ।

[४२]

देवगण भगवान् ब्रह्माजी से बोले, 'भगवान्, हमको ब्रह्मविद्या का उपदेश दीजिये।' ब्रह्माजी बोले, '(मुमुक्षु पुरुष) शिखा सहित सब केश उतार कर यज्ञोपवीत का त्याग कर, पुत्र की ओर देख कर 'तू ब्रह्मा है, तू यज्ञ है, वषट्कार और ॐकार है, तू स्वाहा और स्वधा है, तू धाता और विधाता है, तूही जगत की प्रतिष्ठा है' ऐसा उससे कहे। फिर पुत्र बोले "मैं ब्रह्मा हूँ, मैं यज्ञ हूँ, मैं वषट्कार और ॐकार हूँ, मैं स्वाहा और स्वधा हूँ, मैं ही धाता, विधाता और विश्वकर्मा हूँ और मैं ही जगत की प्रतिष्ठा हूँ।" पुत्रादि के साथ चलते हुए (उनको छोड़ने के ख्याल से) आंसू न बहावे। यदि आंसू बहे तो उसकी प्रजा का नाश होगा। सबको प्रदक्षिणा करके किसी की ओर ध्यान न देते हुए जो चल देता है वह स्वर्ग के योग्य होता है।

ब्रह्मचर्य अवस्था में वेदों का अध्ययन करके वेदोक्त रीति से ब्रह्मचर्य का पालन करके गृहस्थाश्रम में प्रवेश करे। पुत्र उत्पन्न करके और उनको सब प्रकार के उपाधि (झंझट) से रहित करके यथाशक्ति यज्ञ करे, फिर गुरु और बंधुवर्ग की आज्ञा से संन्यास ग्रहण करे। पश्चात् अरण्य में जा बारह रात्रि तक दूध

Scanned by CamScanner

से अग्नि होत्र करे और बारह रात्रि तक दूध ही का भोजन करे। द्वादश रात्रि के अन्त में वैश्वानर और प्राजापत्य अग्नि, प्राजापत्य का चरु और राख के उठाने के बर्तन तथा पूर्व के रखे हुए काठ के बर्तन सब अग्नि में हवन कर दे। मिट्टी के बर्तन हो वे पानी में बहा दे और धातु के बर्तन गुरु को दे दे, ऐसा कहकर कि "मुझे छोड़ कर तुम (मेरे पास) लौटना मत और मैं भी तुमको छोड़ कर (संसार में) लौटूंगा नहीं !" कोई ऐसा कहते है कि गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनीय अग्नि में से अग्नियों के स्थान से मुट्ठी भर भस्म निकाल कर पी लेना चाहिये।

शिखा सहित केश वपन यानी मुड़ा करके "भूः स्वाहा" कह कर यज्ञोपवीत जल में त्याग दे। इसके पश्चात् अग्न त्याग दे, जल में या अग्नि में प्रवेश करे अथवा वीर मार्ग का ग्रहण करे। इस प्रकार देह विसर्जन करे अथवा संन्यासी बन कर विचरण करे। संन्यासी जलपान करे वही उसका सायंकाल का होम है, प्रातः-काल जलपान करे वह प्रातःकाल का होम है, जल को देखे वही उसकी दर्श यज्ञ है, पूर्णमासी के दिन जलपान करे वही उसका पौर्णमास्य हवन है। वसंत ऋतु में केश श्मश्रु (डाढ़ी) लोम और नख उतरवा ले वही उसका अग्निष्टोम यज्ञ है। संन्यास लेने पर फिर अग्नि न जलावे, "मृत्युर्जायमावहम्" इत्यादि अथर्वोक्त मंत्रों का ही पाठ किया करे। "सब जीवों का कल्याण हो" ऐसा कह कर आत्मा का अनन्यता से ध्यान करे और खाली हाथ से स्वच्छन्द विचरण करने को निकल जाय। संन्यासी घर या

आश्रम में न रहे और भिक्षा छोड़कर और कुछ भी न खावे। छोटे जीवों को कष्ट न पहुँचे इस ख्याल से संन्यासी क्षण मात्र भी दौड़े नहीं और वर्षा काल में विचरण भी न करे। इस अर्थ के श्लोक हैं—

कटोरा, चमस् (चमचा) छींका, तीन कटोरियां, जूता, शीत निवारण करे ऐसी कंथा, लंगोटी, ओढ़ने का वस्त्र ॥ १ ॥ पानी छानने का वस्त्र, स्नान के लिये एक धोती और एक ओढ़ने के लिये धोती, यज्ञोपवीत और वेद—सबको यति त्याग दे ॥ २ ॥ स्नान, पान तथा शौच विधि पवित्र जल से करे और नदी तालाब के किनारे अथवा देव मन्दिर में शयन करे ॥ ३ ॥ अधिक सुख या दुःख के लिये शरीर को कष्ट न दे, कोई स्तुति करे तो प्रसन्न न हो और कोई निन्दा करे तो उसको शाप भी न दे ॥ ४ ॥ संन्यासी ब्रह्मचर्य में रहे, प्रमाद से बचे, दर्शन, स्पर्शन, क्रीड़ा, कीर्तन, गुह्य भाषण, ॥ ५ ॥ संकल्प, चिन्तवन और आनन्द यह आठ प्रकार का मैथुन होता है, ऐसा विद्वान् लोग कहते है ॥ ६ ॥ मुमुक्षुओं को इसके विपरीत आचार रखना ही ब्रह्मचर्य है।

जिस चैतन्य से जगत भासित होता है और जो नित्य अपने प्रकाश ही से भासता है ॥ ७ ॥ वही शुद्ध स्वरूप चैतन्य जगत का साक्षी और सबका आत्मा है। वही प्रज्ञानघन है और सब भूतों का अधिष्ठान है ॥ ८ ॥ मनुष्य ब्रह्मज्ञान ही से ब्रह्म को प्राप्त

Scanned by CamScanner

होता है, कर्म से प्रजा से अथवा अन्य किसी से भी ब्रह्म की प्राप्ति नहीं होती ॥ ९ ॥ वह सत्य, ज्ञान और आनन्द स्वरूप अद्वैत ब्रह्म केवल ज्ञान का विषय है संसार में माया, अज्ञान आदि नाम से अन्तःकरण की गुहा— ॥ १० ॥ जिसे परम आकाश भी कहते हैं— उसमें छुपा हुआ ब्रह्म को जानता है, उस ब्राह्मण की क्रम से सब कामनायें पूर्ण होती हैं ॥ ११ ॥ 'अज्ञान और मायाशक्ति का साक्षी प्रत्यगात्म स्वरूप अद्वितीय ब्रह्म मैं हूं,' इस प्रकार जो जानता है, वह स्वयं ब्रह्म ही होता है ॥ १२ ॥

इस ब्रह्मभूत आत्मा में, शक्ति के योग से, रस्सी में जैसे सर्प की उत्पत्ति होती है, वैसे ही अपंचीकृत आकाश उत्पन्न होता है ॥ १३ ॥ इस आकाश से वायु नामक अपंचीकृत स्पर्श उत्पन्न हुआ, फिर वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई ॥ १४ ॥ उन सूक्ष्म भूतों को पंचीकृत करके ईश्वर ने ब्रह्माण्ड आदि की उत्पत्ति की ॥ १५ ॥ और ब्रह्माण्ड के भीतर देव, दानव, यक्ष, किन्नर, मनुष्य पशु, पक्षी आदि की उनके कर्मानुसार उत्पत्ति की ॥ १६ ॥ हाड़ मांस का जो यह प्राणियों का शरीर दीखता, है वही यह सर्व शरीरधारियों का अन्नमय आत्मा है ॥ १७ ॥ उससे भिन्न और उसके भीतर एक प्राणमय आत्मा होता है, उसके भीतर विज्ञान मय ॥ १८ ॥और उसके भीतर आनन्दमय आत्मा रहा हुआ है। जो अन्नमय है वह प्राणमय से परिपूर्ण है ॥ १९ ॥ प्राणमय आत्मा मनोमय

आत्मा से पूर्ण होता है और मनोमय विज्ञानमय से पूर्ण है ॥२०॥ और विज्ञानमय सुखस्वरूप आनन्दमय आत्मासे पूर्ण है। वैसे ही आनन्दमय आत्मा ब्रह्म से भिन्न ऐसे सर्वान्तर्यामी साक्षी से पूर्ण है ॥ २१ ॥ परन्तु ब्रह्म और किसी से पूर्ण नहीं है; इसी-लिये इसको अद्वैत, सत्य ज्ञान आनंद रूप ब्रह्मपुच्छ यानी परम आधार कहते हैं ॥ २२ ॥

साक्षात् साररूप आनंदरूप ब्रह्म का लाभ करके ही देही सुखको प्राप्त होता है अन्यथा सुख कहां ? ॥ २३ ॥ सब भूतों के आत्मभूत इस परमानन्द के अभाव में कौन प्राणी जी सकता है वा नित्य चेष्टा कर सकता है ? ॥ २४ ॥ इसलिये चित्त में भासमान होने वाला यह पुरुष ही सर्वात्मरूप से दुःखी जीवात्मा को आनन्द की प्राप्ति कराता है ॥ २५ ॥ जब यह जीव इस दृश्यत्व आदि लक्षण वाले द्वैत में परम अद्वैतता को लाभ करता है वही महायति है ॥ २६ ॥ वही परम अभय स्थान है, अत्यन्त कल्याण है और वही परम अमृत है; वही देश काल अवस्था के परिच्छेद से रहित सद्रूप परब्रह्म है ॥ २७ ॥ जब पुरुष, जीव ब्रह्म को तत्त्व से क्षण भर के लिये भी जान लेगा तब वह अभय को प्राप्त होगा, इसमें कुछ भी संदेह नहीं है ॥ २८ ॥ निर्जीव खंभे से लेकर विष्णु पर्यन्त अल्प अधिक प्रमाण से इस आनन्दमय कोष ही से सुखको लाभ करते हैं ॥ २९ ॥ परन्तु उन उन पदों से विरक्त ऐसे विद्वान् और प्रसन्न पुरुष को अपने स्वरूप का आनन्द स्वयं वैसा ही प्रकट होता है जैसा कि परब्रह्म

Scanned by CamScanner

में है ॥ ३० ॥ किसी निमित्त को ग्रहण करते हुए ही शब्द की प्रवृत्ति होती है; निमित्त के अभाव से जहां से वाणी लौट जाती है ॥ ३१ ॥ ऐसे निर्विशेष परमानन्द में शब्द की प्रवृत्ति किस प्रकार हो ? सबको विषय करने वाला मन भी वहां से लौट जाता है ॥ ३२ ॥ श्रोत्र, त्वक् नेत्र आदि ज्ञानेन्द्रिय और मुख आदि कर्मेन्द्रिय भी जिसको प्राप्त करने के लिये समर्थ नहीं होते और लौट जाते हैं ॥ ३३ ॥ उस द्वंद्व रहित आनन्द रूप, निर्गुण, सत्य और चिद्घन ब्रह्म को आत्मरूप जान कर फिर वह किसी से भी डरता नहीं ॥ ३४ ॥ अपने गुरु के उपदेश द्वारा इस प्रकार जानता है वह अच्छे या बुरे कर्मों से दुःख नहीं पाता ॥ ३५ ॥ जो संपूर्ण जगत ताप्यतापक रूप से भासता था वही अब वेदान्त वाक्य जनित ज्ञान से प्रत्यगात्म रूप से भासता है ॥ ३६ ॥ शुद्ध चैतन्य, ईश्वर चैतन्य, जीव चैतन्य, प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय और फल ॥ ३७ ॥ व्यवहार दृष्टि से यह सात भिन्न २ हैं; उनमें मायाके उपाधि से रहित चैतन्य को शुद्ध चैतन्य कहते हैं ॥ ३८ ॥ मायाके संबंध से वही ईश्वर कहलाता है और अविद्या के सम्बन्ध से जीव। अन्तःकरण के सम्बन्ध से वही प्रमाता कहलाता है ॥ ३९ ॥ वैसे ही वृति के सम्बन्ध से वह प्रमाण कहलाता है और अज्ञान चैतन्यको प्रमेय (जगत्) कहते हैं ॥ ४० ॥ वैसे ही ज्ञान चैतन्य को फल कहते हैं। बुद्धिमान अपने को इन सब उपाधियों से मुक्त समझे ॥ ४१ ॥

इस प्रकार जो तत्त्व से जानता है वह ब्रह्म को प्राप्त होने के योग्य है—यह सर्व उपनिषदों के सिद्धान्त का यथार्थ रूप से सार कहता है ॥ ४२ ॥ स्वयं मर कर स्वयं होजाय तो स्वयं ही शेष रह जाता है, यह उपनिषत् है।

॥ इति कठरुद्रोपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

अवधूतोपनिषत् ।

[४३]

एक समय सांस्कृति ऋषि भगवान् दत्तात्रय को प्रदक्षिणा करके पूछने लगे, 'हे भगवन् अवधूत की स्थिति कैसी होती है ? उनका क्या लक्ष्य है तथा उनका संसार कैसा होता है ?'

परम करुणामय भगवान् दत्तात्रय ने उत्तर दिया—अक्षर होने के कारण, सबको इष्ट होने के कारण संसार बंधन से निवृत्त होने के कारण, तथा 'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों का लक्ष्य होने के कारण उसको अवधूत कहते हैं ॥ १ ॥ वर्णाश्रम का उल्लंघन करके जो आत्मा ही में अवस्थित है, ऐसा वर्णाश्रम से पर हुआ योगी अवधूत कहा जाता है ॥ २ ॥ प्रिय उसका शिर करके मोद दक्षिण पक्ष करके प्रमोद उत्तर पक्ष करके गौ के पैर के समान आनन्द आत्मा है ॥ ३ ॥ वह शिर में मध्य में और नीचे नहीं है ब्रह्म ही पुच्छ रूप प्रतिष्ठा है ऐसी भावना करे ॥ ४ ॥ इस प्रकार चार मार्ग करने वाले परमपद को प्राप्त होते हैं। कर्म से, प्रजा से, धन से या त्याग से कोई परमपद को प्राप्त नहीं होता ॥ ५ ॥

स्वेच्छाचार से विहार करना यही उसका आचरण है। वे वस्त्र रखते हैं या नहीं भी रखते। उनके लिये न धर्म अधर्म है न पवित्र वा अपवित्र है। वे सदा साग्रहण्या इष्टि तथा अश्वमेध

अपने अन्तर ही में करते हैं। यह महायज्ञ करना महायोग है। इनके सब कर्म विचित्र होते हैं। स्वेच्छाचारी अवधूत की निंदा नहीं करनी चाहिये यह महाव्रत है। क्योंकि मूढ़ मनुष्य के समान वे लेपायमान नहीं होते। जैसे सूर्य सब प्रकार के जल को खींच ता है, जैसे, अग्नि सब का भक्षण करता है; इसी प्रकार योगी विषयों को भोगता है परन्तु वह शुद्ध रहता है, पुण्य पाप से लेपायमान नहीं होता ॥ ६ ॥ पूर्ण भरे हुए और सदा एक समान रहने वाले समुद्र में जिस प्रकार जल प्रवेश करता है, उसी प्रकार जिसमें सब काम प्रवेश करते हैं उसीको शांति प्राप्त होती है; कामनाओं को चाहने वाले को नहीं ॥ ७ ॥ न निरोध है, न उत्पत्ति है, न बद्ध है न साधक है, न मुमुक्षु है और न मुक्त है; यहीं परमार्थ है ॥ ८ ॥ इहलोक और परलोक के सुख साधन के लिये तथा मोक्ष प्राप्ति के लिये पहिले बहुत कुछ किया, वह सब अब पूर्ण होगया ॥ ९ ॥ इसी कृत कृत्यता का पूर्व के कर्म की अशांति के साथ मिलान करके वह सदा तृप्त रहता है ॥१०॥ अज्ञानी और दुखी जीव पुत्रादि की इच्छा से भले कर्म करें, पूर्णानन्द से पूर्ण हुआ मैं किस निमित्त कर्म करूं ? ॥ ११ ॥ परलोक प्राप्ति की इच्छा वाले भले कर्मों का अनुष्ठान करें, मैं सर्वलोक स्वरूप हूँ मैं कौनसा कर्म करूं और कैसे करूं ? ॥ १२ ॥ जिनका अधिकार है, वे भले शास्त्रों का व्याख्यान करें और वेदों का अध्ययन करावें, मैं अक्रिय होने से मेरा तो अधिकार ही नहीं है ॥ १३ ॥ निद्रा, भिक्षा, स्नान या शौच किसी की मुझे इच्छा नहीं है, न मैं कुछ करता हूं। देखने वाले यदि मुझमें

Scanned by CamScanner

कल्पना करें तो उनकी कल्पना से मुझे कुछ हानि भी नहीं है ॥ १४ ॥ अन्य कोई गुंजा (गोंगची) के ढेर में अग्नि की कल्पना करें, तो उससे वह जलता नहीं, वैसे ही, औरों से आरोपित किये हुए संसार धर्मों का मेरे साथ कुछ भी सम्बन्ध नहीं है ॥ १५ ॥ जिनको तत्त्व का ज्ञान नहीं है वे भले श्रवण करें, मैं तत्त्वको जानता हूँ मैं किस लिये श्रवण करूं ? वैसे ही, जिनको संशय है वे मनन या विचार करें मुझे संदेह है न मैं विचार करता हूं ॥ १६ ॥ जिसको विपरीत भाव हो वे निदिध्यासन करें, मुझे विपरीत भाव ही नहीं है तो मैं क्या ध्यान करूं ? देह में आत्म भाव रूप विपरीत भावना मैं कभी पास नहीं फटकने देता ॥ १७ ॥ मैं मनुष्य हूँ' इत्यादि का व्यवहार, इस विपरीत भाव के विना ही, केवल चिरकाल के अभ्यास से हुआ करता है ॥ १८ ॥ यह व्यवहार प्रारब्ध का क्षय होते ही निवृत्त होजाता है; कर्मों का क्षय न हो तो सहस्रों ध्यान से वह निवृत्त नहीं होता ॥ १९ ॥ व्यवहार का क्षय होना यदि इष्ट हो तो तू ध्यान कर, मैं कर्मों के बाध के साथ व्यवहार देखता हूँ, फिर मैं क्यों ध्यान करूं ? ॥ २० ॥ मुझमें विक्षेप नहीं है, इसलिये मेरी कोई समाधि नहीं है। विक्षेप वा समाधि ये विकारी मन की अवस्थाएं हैं। मैं नित्य अनुभव स्वरूप हूं, मेरे लिये यहां पृथक् अनुभव ही कहां है ? ॥ २१ ॥ करने का था सो कर लिया, पाने का था सो पा लिया, इसलिये अब लौकिक अथवा शास्त्रानुसार अन्य किसी प्रकार का व्यवहार मेरे अकर्ता और अलिप्त रहते हुए जैसे नित्य से चलते आये हैं भले चला करें ॥ २२ ॥ अथवा,

यद्यपि मैं स्वयं कृत कृत्य हूँ, तो भी लोगों के कल्याण की इच्छा से शास्त्रों के अनुकूल मार्ग ही से वर्ताव रखूं तो भी मेरी हानि क्या है ? ॥ २३ ॥ देव पूजा, स्नान, शौच, भिक्षा आदि कर्म शरीर भले किया करे तथा वाणी भले प्रणव का जाप किया करे अथवा वेदान्त का पठन किया करे ॥२४॥ बुद्धि भले विष्णु का ध्यान करे अथवा ब्रह्मानन्द में विलीन होजाय। मैं तो साक्षी हूँ इसमें मैं तो न कुछ करता हूँ, न कराता हूं ॥ २५ ॥ करने का कर चुकने से तथा पाने का पा चुकने से तृप्त हुआ वह अपने मन से उस तृप्ति की भावना नहीं करता रहता ॥ २६ ॥

मैं धन्य हूँ, धन्य हूँ क्योंकि मैं निसंदेह आत्मा को जानता हूँ। मैं धन्य हूं, धन्य हूँ, ब्रह्मानन्द का मुझको स्पष्ट अनुभव होता है ॥ २७ ॥ मैं धन्य हूँ, धन्य हूँ संसार के दुःख मुझे यहां दीखते ही नहीं ! मैं धन्य हूँ धन्य हूँ, मेरा अज्ञान न मालूम कहां भाग गया ॥ २८ ॥ मैं धन्य हूँ, धन्य हूँ, मुझे अब कोई कर्तव्य शेष नहीं रहा। मैं धन्य हूँ, धन्य हूँ, क्योंकि पाने के योग्य था सो सब यहीं पर मिल गया ॥ २९ ॥ मैं धन्य हूँ धन्य हूँ। मेरी तृप्ति के लिये विश्व में उपमा हो क्या है ? इसलिये मैं धन्य हूँ धन्य हूँ बार बार कहता हूँ कि मैं धन्य हूं धन्य हूँ धन्य हूँ ॥ ३० ॥ अहो पुण्य ! पुण्य फल मिला और मिला भी कैसा ? इस पुण्य की संपत्ति से हम भी धन्य है ॥ ३१ ॥ अहो ज्ञान ! अहो ज्ञान ! अहो सुख ! अहा सुख ! अहो शास्त्र ! अहो शास्त्र ! अहो गुरु ! अहो गुरु ॥ ३२ ॥

Scanned by CamScanner

जो इसको पढ़ता है वह भी कृत कृत्य हो जाता है। उसका सुरापान का पाप निवृत्त होजाता है। सुवर्ण की चोरी का दोष निवृत्त हो जाता है ब्रह्म हत्या का पाप दूर होजाता है अथवा और जो कुछ किया हो उसका पाप दूर हो जाता है। ऐसा जानकर स्वेच्छाचार परायण हो जाय। ॐ सत् यह उपनिषत् है॥

॥ इति अवधूतोपनिषत् समाप्त ॥

अथर्वशिरोपनिषत्।

[४४]

एक समय देव घूमते २ रुद्र लोक में गये और वहां जाकर रुद्र से पूछने लगे "आप कौन हैं"? रुद्र भगवान् ने कहा "मैं एक हूँ, मैं भूत, भविष्य और वर्तमान काल में हूँ ऐसा कोई नहीं है जो मुझसे रहित हो। जो अत्यन्त गुप्त है, जो सर्व दिशाओं में रहता है वह मैं हूँ। मैं नित्यानित्यरूप, व्यक्तरूप, अव्यक्तरूप, ब्रह्म रूप अब्रह्मरूप, पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशारूप, ऊर्ध्व और अधो रूप, दिशा, प्रतिदिशा पुमान, अपुमान, स्त्री, गायत्री, सावित्री, त्रिष्टुप, जगती, अनुष्टुप छन्द, गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि, आहवनीय, सत्य, गौ, गौरी, ऋग्, यजु, साम, अथर्व, अंगरिस, ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, वरिष्ट, जल, तेल गुह्य, अरण्य, अक्षर, क्षर, पुष्कर, पवित्र, उग्र, मध्य, वाह्य, पुरस्तात, इस प्रकार ज्योतिरूप मैं हूं। मुझको सब में रमा हुआ जानो। जो मुझको जानता है, वह सब देवों को जानता है और अंगों सहित सब वेदों को भी जानता है। मैं अपने तेज से ब्रह्म को ब्राह्मण से गौ को गौ से, ब्राह्मण को ब्राह्मण से, हविष्य को हविष्य से, आयुष्य को आयुष्य से, सत्य को सत्य से और धर्म से धर्म की तृप्ति करता हूँ।" वे देव संका के सम्बन्ध से रुद्र से पूछने लगे, रुद्र को देखने लगे और उनका

Scanned by CamScanner

ध्यान करने लगे पीछे उन देवों ने ऊंचे हाथ कर के इस प्रकार स्तुति की ॥ १ ॥

हे रुद्र भगवन् ! आप ब्रह्मारूप; विष्णुरूप, रुद्ररूप, स्कंदरूप इन्द्ररूप, वायुरूप, अग्निरूप; सूर्यरूप, सोमरूप, आठग्रहरूप, प्रतिग्रहरूप, भूरूप, भुवर्रूप, स्वरूप, महरूप, पृथिवीरूप, अंतरिक्षरूप द्योरूप जलरूप, तेजरूप, कालरूप, यमरूप, मृत्युरूप, अमृतरूप, आकाशरूप, विश्वरूप; स्थूलरूप सूक्ष्मरूप, कृष्णरूप, शुक्लरूप, सत्यरूप सर्वरूप हो आपको नमस्कार हो ॥ २ ॥

पृथ्वी आपका आदिरूप, भुवर्लोक, मध्य प्रदेश रूप और स्वर्गलोक आपका शिररूप है। आप विश्वरूप केवल ब्रह्म रूप हो दो प्रकार के या तीन प्रकार से (भासते हो आप वृद्धिरूप, शांतिरूप, पुष्टिरूप, हुतरूप, अहुतरूप, दत्तरूप, अदत्तरूप, सर्वरूप, असर्वरूप, विश्व, अविश्व, कृत, अकृत, पर; अपर और परायणरूप हो आपने हमको अमृत पिला के अमृतरूप किया हम ज्योतिभाव को प्राप्त हुए और हमको ज्ञान प्राप्त हुआ अब शत्रु हमारा क्या कर सकेंगे ? हमको वे पीड़ा नहीं दे सकेंगे आप मनुष्य को अमृतरूप हो, चन्द्र सूर्य से प्रथम और सूक्ष्म पुरुष हो। जो यह अक्षर और अमृतरूप प्रजापति का सूक्ष्म रूप है वही जगत का कल्याण करने वाला पुरुष है। वही अपने तेज द्वारा ग्राह्यवस्तु को अग्राह वस्तु से, भाव को भाव से सौम्य को सौम्य से, सूक्ष्म को सूक्ष्म से वायु को वायु से ग्रास करता है।

एसे उपसंहार और महाग्रास करने वाले आपको नमस्कार है। सबके हृदय में देवताओं का, प्राणों का तथा आपका वास है। ये तीन मात्राएं हैं और उनके पर हो। उत्तर में उसका मस्तक है, दक्षिण में पाद है, जो उत्तर में है, सो ही ॐकाररूप है, जो ॐकार है सो ही प्रणवरूप है, जो प्रणव हैं सो सर्व व्यापीरूप है। जो सर्व व्यापी है सो ही अनन्त रूप, जो अनन्त रूप है सो ही तारूप जो तार रूप है वही सूक्ष्म रूप है, जो सूक्ष्मरूप है वह शुक्लरूप और शुक्ल रूप है वही विद्युत रूप, जो विद्युत रूप है वही परब्रह्म रूप, जो परब्रह्मरूप है वही एक रूप, जो एक रूप है वही इन्द्र रूप जो इन्द्र रूप है वही ईशान रूप, जो ईशान रूप है वही भगवान् महेश्वर है ॥ ३ ॥

ॐकार इस कारण है कि ॐकार का उच्चारण करने के समय प्राण ऊपर खेंचने पड़ते हैं इसलिये आप ॐकार कहे जाते हो। प्रणव कहने का कारण यह है कि इस प्रणव के उच्चारण करते समय ऋग्, यजु, साम, अथर्व, अंगिरस और ब्रह्मा ब्राह्मण को नमस्कार करने आते हैं इसलिए प्रणव नाम है। सर्व व्यापी कहने का कारण यह है कि इसके उच्चारण करने के समय जैसे तिलों में तेल व्यापक होकर रहता है, तैसे आप सब लोकों में व्यापक हो रहे हो अर्थात् शांत रूप से आप सब में ओत प्रोत हो इसलिए आप सर्व व्यापी कहलाते हो। अनन्त कहने का कारण यह है कि उच्चारण करते समय, उच्च, नीच और तिर्यक कहीं भी आपका अन्त देखने में नहीं आता इसलिये आप

Scanned by CamScanner

अनन्त कहलाते हो। तारक कहने का कारण यह है कि उच्चारण के समय पर गर्भ जन्म व्याधि जरा और मरण वाले संसार के महा भय से तारने वाले हैं इसलिये इसको तारक कहते है। शुक्ल कहने का कारण यह है कि उच्चार करने में क्लेद होता है अर्थात् श्रम पहुंचता है। सूक्ष्म कहने का कारण यह है कि उच्चारण करने में सूक्ष्म रूप वाले होकर स्थावरादि सब शरीर को आधीन करता है। सूक्ष्म वैद्युत कहने का कारण यह है कि उच्चारण के साथ में स्थूल महान् अन्धकार में सब शरीर प्रकाश को प्राप्त होता है इसलिये वैद्युत रूप कहा है। ब्रह्म कहने का कारण यह है कि पर, अपर और परायण का बड़ी वीणा से ज्ञान कराते हो इसलिये आपको परब्रह्म कहते हैं। एक कहने का कारण यह है कि सब प्राणों का भक्षण करके अज रूप होकर उत्पत्ति और संहार करते हैं। कोई पुण्य तीर्थ में जाते है। कितने ही दक्षिण, पश्चिम, उत्तर और पूर्व दिशा में तीर्थाटन करते है, उन सबकी सद्गति यही है। सब प्राणियों के साथ में एक रूप से रहते हो इसलिये आपको एक कहते है। आपको रुद्र क्यों कहते हैं? ऋषियों को आपका रूप प्राप्त होसक्ता है, सामान्य भक्तों को आपका रूप प्राप्त नहीं होसक्ता इसलिये आपको रुद्र कहते हैं। ईशान कहने का कारण यह है कि सब देवताओं का ईशानी और जननी नाम की परम शक्तियों से आप नियमन करते हो। हे सूर, जैसे दूध के लिये गाय को रिझाते हैं, वैसे ही आपकी हम स्तुति करते हैं, हे इन्द्र, आप

ही इस वर्तमान जगत के ईश और दिव्य दृष्टि वाले हो इसलिये आपको ईशान कहते हैं। आपको भगवान परमेश्वर कहते हैं इसका कारण यह है कि भक्त जो ज्ञान के लिये भजते हैं उनके ऊपर आप अनुग्रह करते हो और उनके लिये वाणी का प्रादुर्भाव करते हो तथा सब भावों को त्याग कर आत्मज्ञान से तथा योग के ऐश्वर्य से अपने महिमा में विराजते हो इसलिये आपको भगवान् महेश्वर कहते हैं। ऐसा यह रुद्र चरित्र है॥ ४॥

एक ही देव सब दिशाओं में रहता है। प्रथम जन्म उसी का है मध्य में तथा अन्त में वह ही है, वह ही उत्पन्न होता है और होगा। प्रत्येक व्यक्ति भाव में वह ही व्याप्त हो रहा है। एक रुद्र ही किसी अन्य की अपेक्षा न रखते हुए, अपनी महाशक्ति से इस लोक को नियम में रखता है। सब उसमें रहते हैं और अन्त में सबका संकोच उसीमें होता है। विश्व का प्रकट करने वाला और रक्षण करने वाला वही है। जो सब योनियों में व्याप रहा है और जिससे यह सर्व व्याप्त हो रहा है, उस पूज्य ईशान और देव रूप पुरुष का चिंतवन करने से मनुष्य परम शांति को प्राप्त करते हैं। सब हेतु समूह के मूल रूप अज्ञान का त्याग करके संचित कर्मों को बुद्धि से रुद्र में स्थापित करने से एकता को प्राप्त होता है। जो शाश्वत, पुराण और अपने वल से प्राणियो को अन्न तथा पशु देकर उनके मृत्यु पाश को नाश करने वाला है उसके साथ आत्मज्ञानप्रद अर्ध चतुर्थ मात्रा से वह कर्म के बंध को तोड़ता हुआ परम शांति प्रदान

Scanned by CamScanner

करता है। आपकी प्रथम ब्रह्मयुक्त मात्रा रक्त वर्ण वाली है, जो उसका नित्य ध्यान करते हैं वे ब्रह्मा के पद को प्राप्त होते हैं। विष्णु देव युक्त आपकी दूसरी मात्रा कृष्ण वर्ण वाली है, जो उसका नित्य ध्यान करते हैं वे वैष्णव पद को प्राप्त होते हैं। आपकी रुद्र देव युक्त जो तीसरी मात्रा है वह पीले वर्ण वाली है उसका जो नित्य ध्यान करते हैं वे ईशान यानी रुद्र लोक को प्राप्त होते हैं। अर्ध चतुर्थ मात्रा को अव्यक्त रूप में रहकर आकाश में विचरती है उसका वर्ण शुद्ध स्फटिक के समान है, जो उसका ध्यान करते हैं उनको मोक्ष पद की प्राप्ति होती है। मुनि कहते हैं कि इस चौथी मात्रा की ही उपासना करनी चाहिए। जो इसकी उपासना करते हैं उसको कर्म बन्ध नहीं रहता। यह ही वह मार्ग है जिस उत्तर मार्ग से देव जाते हैं, जिससे पितृ जाते हैं और जिस उत्तर मार्ग से ऋषि जाते हैं वह ही पर, अपर और परायण मार्ग है। जो बाल के अग्र भाग समान सूक्ष्म रूप से हृदय में रहता है, जो विश्वरूप, देवरूप, सुन्दर और श्रेष्ठ है, जो विवेकी पुरुष हृदय में रहने वाले इस परमात्मा को देखते हैं उनको ही शांति भाव प्राप्त होता है दूसरे को नहीं।

क्रोध, तृष्णा, क्षमा और हेतु समूह का मूल रूप अज्ञान का त्याग करके संचित कर्मों को बुद्धि से रुद्र में अर्पण कर देने से रुद्र में एकता को प्राप्त होते हैं कि रुद्र शाश्वत और पुराण रूप होने से अपने तप और बल से अन्न का यानी प्राणियों का नियंता है। अग्नि, वायु, जल, स्थल और आकाश

ये सब भस्म रूप हैं। पशुपति की भस्म का जिसके अंग में स्पर्श नहीं होता, उसका मन और इन्द्रियां भस्म रूप यानी निरर्थक है, इसलिये पशुपति की वह्म रूप भस्म पशु के बंधन को नाश करने वाली है ॥ ५ ॥

जो रुद्र अग्नि में है, जो रुद्र जलके भीतर है, उसी रुद्र ने औषधियों और वनस्पतियों में प्रवेश किया है। जिस रुद्र ने इस सब विश्व को उत्पन्न किया है, उस अग्नि रूप रुद्र को नमस्कार है! जो रुद्र अग्नि में, जल में, अंतरिक्ष में औषधियों और वनस्पतियों में रहता है और जिस रुद्र ने विश्व को और भुवनों को उत्पन्न किया है, उस रुद्र को नमस्कार है। जो रुद्र जल में, औषधियों में और वनस्पतियों में स्थिति कर रहा है, जिस रुद्र ने जगत को धारण कर रक्खा है, जो रुद्र शिवशक्ति रूप से और तीन गुणों से जगत को धारण करता है, जिसने अंतरिक्ष में नागों को धारण किया है, उस रुद्र को नमस्कार है। इस (रुद्र भगवान्) के प्रणव रूप मस्तक की उपसासना करने से अथर्वा ऋषि को उच्च स्थिति प्राप्त होती है। जो इस प्रकार उपासना न की जाय तो नीच गति प्राप्त होती है। रुद्र भगवान् का मस्तक देवों का समूह रूप व्यक्त है, उसका प्राण और मन मस्तक का रक्षण करता है। देव समूह, स्वर्ग, आकाश अथवा पृथ्वी किसी का भी रक्षण नहीं कर सकते। इस रुद्र भगवान् में सब ओत प्रोत है। इससे पर कोई अन्य नहीं है, उससे पूर्व कुछ नहीं है तैसे ही उससे पर कुछ नहीं है, होगया और होने

Scanned by CamScanner

वाला भी कुछ नहीं है। उसके हजार पाद हैं, एक मस्तक है और सब जगत् में व्याप्त हो रहा है। अक्षर से काल उत्पन्न होता है, काल रूप होने से उसको व्यापक कहते है। व्यापक अथवा भोगायमान् रुद्र जब शयन करता है तब प्रजा का संहार होता है। जब वह श्वास सहित होता है तब तम होता है, तम से जल होता है जलमें अपनी अंगुली से मंथन करने से वह जल शिशिर ऋतु के दव (ओस) रूप होता है, उसका मंथन करने से उसमें फेन होता है, फेन से अंडा होता है, अण्डे से ब्रह्मा होता है, ब्रह्मा से वायु होता है, वायु से ॐकार होता है। ॐकार से सावित्री होती है, सावित्री से गायत्री होती है और गायत्री में से सब लोक होते हैं। फिर लोक तप की उपासना करते हैं, जिससे सत्य होता है और पीछे शाश्वत अमृत बहता है। यह ही परम तप है। यह ही तप, जल, ज्योति, रस अमृत, ब्रह्म भूलोक भुवलोक और स्वर्लोक है ॥ ६ ॥

जो कोई ब्राह्मण इस अथर्वशिर का अध्ययन करता है, वह अश्रोत्रिय हो तो श्रोत्रिय होजाता है, उपनयन संस्कार से रहित हो तो उपनयन संस्कार वाला होजाता है। वह अग्नि से पवित्र, वायुपूत, सूर्यपूत, सत्यपूत और सोमपूत होता है। वह सब देवों से जाना हुआ और ध्यान किया हुआ होता है। वह सब तीर्थों में स्नान किया हुआ होता है, उसको सब यज्ञों का फल मिलता है। साठ हजार गायत्री के जप का तथा इतिहास और पुराण में एवं रुद्र के एक लाख जप का उसको फल होता है, दश सहस्र

प्रणव के जप का फल उसको मिलता है। उसके दर्शन से मनुष्य पवित्र होता है। वह पूर्व में हुए सात पीढ़ी के पुरुषों को तारता है। भगवान् ने कहा है कि अथर्वशिर का एक वार जाप करने ही से पवित्र होता है और कर्म का अधिकारी होता है। दूसरी बार जपने से गणों में अविपतिपन प्राप्त करता है और तीसरी बार जप करने से सत्य स्वरूप ॐकार में उसका प्रवेश होता है ॥ ७ ॥

॥ इति अथर्वशिरोपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

वज्रसूचिका उपनिषत् ।

[४५]

चित्सदानन्द रूप वाला, सबकी बुद्धि का साक्षी रूप, वेदान्त से जानने योग्य और अनंत रूप वाले ब्रह्म को मैं नमस्कार करता हूं। अज्ञान को नाश करने वाले वज्रसूचि नामका शास्त्र मैं कहता हूं। यह ज्ञान रहित को दूषण रूप है और ज्ञान चक्षु वाले को आभूषण रूप है ॥ १ ॥ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ऐसे चार वर्ण है उनमें ब्राह्मण मुख्य है ऐसा वेद और स्मृति में कहा है। यहां प्रश्न उत्पन्न होता है कि ब्राह्मण कौन है ? क्या वह जीव है ? क्या वह देह है, क्या जाति है ? क्या वह ज्ञान कर्म या कोई धार्मिक व्यक्ति है ?

उनमें प्रथम जीव को जो ब्राह्मण कहा सो नहीं हो सकता; क्योंकि हुए और होने वाले अनेक देहों में जीव का एकपना है। जीव एक है और कर्म के कारण से अनेक देहों में उसकी उत्पत्ति होती है। सब शरीरों के जीव की एकता है इसलिये भी जीव ब्राह्मण रूप नहीं है। तब क्या देह ब्राह्मण है ? नहीं ! इस प्रकार भी नहीं है, चांडाल से लेकर सब मनुष्यों का पंच महाभूतों से बना हुआ देह एक रूप है इसलिये बुढ़ापा, मरण, धर्म और अधर्मादि सबको एक ही प्रकार होते हैं, ब्राह्मण श्वेत वर्ण वाला,

क्षत्रिय रक्त वर्ण वाला, वैश्य पीतवर्ण वाला और शूद्र कृष्णवर्ण वाला ही हो, ऐसा नियम नहीं है और पिता आदिक के शरीरका दहन करने में पुत्रादिक को ब्रह्महत्यादिक दोषका संभव होता है। इसलिये देह ब्राह्मण है ऐसा कभी भी सिद्ध नहीं होता। तब क्या जाति ब्राह्मण है ? नहीं ! ऐसा भी नहीं है। भिन्न जाति वाले जन्तुओं से अनेक जाति वाले बहुत महर्षि उत्पन्न हुए हैं। जैसे:— ऋष्यशृङ्ग मृगली से, कौशिक कुशसे जेबुक श्याल से, वाल्मीकि बांबो (राफड़ा) में से, व्यास मल्लाह की कन्या से, गौतम खरगोश की पीठ में से, वशिष्ठ उर्वशी से और अगस्त्य कलश से उत्पन्न हुए हैं ऐसा सुना है। इन ऋषियों में से अनेक, जाति को प्राप्ति बिना भी पूर्ण ज्ञानवान् थे इसलिये ब्राह्मण जाति रूप नहीं है। तब क्या ज्ञान ब्राह्मण है ? नहीं ! ऐसा भी नहीं है। परमार्थ को जानने वाले और ज्ञानवान् बहुत क्षत्रिय भी हैं इसलिये ज्ञान ब्राह्मण रूप नहीं है। तब क्या कर्म ब्राह्मण रूप है ? नहीं ! ऐसा भी नहीं है। सब प्राणियों के प्रारब्ध संचित और आगामी कर्मों का साधर्म्म दीखता है और कर्म से प्रेरित हुए जीव क्रिया करते हैं इसलिये कर्म भी ब्राह्मण नहीं है। तब क्या धार्मिक व्यक्ति ब्राह्मण है ? नहीं, ऐसा भी नहीं है। बहुत क्षत्रिय सुवर्ण का दान करने वाले होते हैं इसलिये धार्मिक व्यक्ति ब्राह्मण नहीं है। तब ब्राह्मण किसको कहें ? जो आत्मा के द्वैत भाव से रहित, जाति, गुण और क्रिया से रहित, छः ऊर्मी और छः प्रकार के भाव आदिक

Scanned by CamScanner

दोषों से रहित सत्य ज्ञान आनंद अनंत स्वरूप स्वयं निर्विकल्प रूप से रहने वाले, अशेष कल्पों का आधार रूप अशेष भूतों में अंतर्यामी रूप से रहने वाले, भीतर और बाहर आकाश की समान प्रोये हुए अखंड आनन्द स्वभाव वाले, प्रमेय से रहित अनुभव से ही जानने योग्य, अपरोक्ष भासने वाले आत्मा को हाथ में रहने वाले आमले की समान अपरोक्ष साक्षात्कार करता है और कृतार्थ होकर कामरागादि दोषों से रहित, शम दमादि से युक्त भाव, मात्सर्य, तृष्णा, आशा मोहादिक से रहित और दंभ अहंकारादि को जिसका चित्त कभी छूता न हो ऐसे लक्षण वाले को ब्राह्मण कहे। ऐसा श्रुति, स्मृति, पुराण और इतिहास का अभिप्राय है। इसके सिवाय अन्य कोई स्थान पर ब्राह्मणत्व की सिद्धि ही नहीं होती। आत्मा सच्चिदानन्द रूप और अद्वितीय है ऐसे ब्रह्म रूपसे मनुष्यों को मानना चाहिये। यह उपनिषत् है।

॥ इतिवज्रसूचिका उपनिषत् समाप्त ॥

कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषत्।

[४६]

प्रथम अध्याय।

गार्ग्य का पुत्र चित्र यज्ञ करने वाला था। उसने यज्ञ कराने के लिये आरुणि को पसन्द किया। आरुणि ने आप न जाकर अपने बदले में अपने पुत्र श्वेतकेतु को भेजा। जब वह चित्र के पास आया तब चित्रने पूछा "तू गौतम का पुत्र है, क्या इस लोक में कोई ऐसा गुप्त स्थान है कि जहां तू यज्ञ करके मुझे स्थापित कर सकेगा? अथवा अर्चिरादि मार्गसे जिस लोक में जाया जाता है उस लोक में क्या तू मुझे स्थापित करेगा?" श्वेतकेतुने कहा 'यह मैं कुछ नहीं जानता, इसके विषय में आचार्य से पूछ देखूँगा।"

यह (श्वेत केतु) अपने पिता के पास लौट गया और बोला "चित्र ने मुझसे इस प्रकार पूछा है, मैं इसका क्या उत्तर दूं?" उसके पिता ने कहा "मैं भी यह नहीं जानता, चल हम उसके घर पर चलें और वहां वेदाध्ययन करके उससे ज्ञान प्राप्त करें, क्योंकि जब अन्य अपने को देता है तो प्राप्ति के लिये दोनों चलें। (उसको ना न करनी चाहिये।)" अनन्तर हाथ में समिध लेकर वह गार्ग्य के पुत्र चित्र के पास गया और कहा मैं आप से ज्ञान प्राप्त करने आया हूं' तब चित्र ने कहा "गौतम! तू

Scanned by CamScanner

ब्रह्मविद्या प्राप्त करने योग्य है (क्योंकि तुझमें अहंकार नहीं है) तू मेरे पास आ, मैं तुझे ब्रह्म विद्या का उपदेश करूंगा" ॥ १ ॥

चित्र बोला:—"जो कोई इस लोक में से जाते हैं वे सब चन्द्रलोक में जाते हैं। शुक्ल पक्ष में चन्द्र उन लोगों के प्राणों से पुष्ट होता है परन्तु कृष्ण पक्ष में उनको फिर उत्पन्न नहीं करता सचमुच चन्द्र स्वर्ग का द्वार है, जिसको इस चन्द्रलोक की इच्छा नहीं होती उसको वह ऊर्ध्व लोक में भेजता है, परंतु जिसको चन्द्रलाक की इच्छा होती है उसको वह वृष्टि रूप से इस लोक में भेजता है। वहां वह कोट, पतंग, पक्षी, वाघ, सिंह, मत्स्य, रीछ, मनुष्य अथवा कोई अन्य इतने स्थानों में प्राणी रूप से अपने कर्म और विद्या के अनुसार धारण करता है। जब वह जन्म लेता है तब गुरु उसको पूछता है "तू कौन है?" तब इसका उत्तर नीचे के समान देना चाहिये "विचक्षण और ऋतु के अधिष्ठाता ऐसे चन्द्र में से रेत एकत्र हुआ था यह चन्द्र शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष को उत्पन्न करता है, वह पितरों का स्थान रूप है। उस चन्द्र की उत्पत्ति नित्य के हवि में से होती है। रेत रूप मुझको देवताओं ने मनुष्य में रक्खा। मनुष्य का निमित्त करके देवताओं ने मुझे स्त्री में रक्खा, उस में से मैं बारह अथवा तेरह मास रूप से अथवा जीवित रूप से मनुष्य जन्म को प्राप्त हुआ था। सत्य असत्य का ज्ञान जानने के निमित्त बारह अथवा तेरह मास रूप पिता के साथ जुड़ा था, हे देवताओ! मेरा जीवित योग्य समय तक रहने दो कि जिससे

अमृतता को प्राप्त होऊं। अपने सत्य से—महनत और सहन शीलतासे मैं काल रूप हूँ, मैं कालके आधीन हूँ, तुम कौन हो?" तब वह कहता है "मैं भी तेरे समान हूँ!" पश्चात् वह उसको आगे जाने देता है ॥ २ ॥

देवयान मार्ग को प्राप्त होकर वह अग्निलोक की तरफ जाता है, उस स्थान से वायु लोक में जाता है। वहाँ से वरुण लोक में, वहां से आदित्य लोक में, वहां से इन्द्र लोक में, वहां से प्रजापतिलोक में और वहां से ब्रह्मलोक में जाता है। ब्रह्म लोक में अर नामका सरोवर, इष्टिह नाम का समय, विरजा नामकी नदी इल्य नामका वृक्ष, सालज्य नामका नगर, अपराजित नामका प्रासाद इन्द्र (वायु) और प्रजापति (आकाश) द्वारपाल रूप से हैं। ब्रह्म का विभु नामक सुसज्जित कमरा है, विचक्षणा (बुद्धि) उसकी गद्दी है। उत्कृष्ट तेज वाला उसका पलंग है, मानसी नाम की प्रिया, चाक्षुषी नाम का प्रतिबिम्ब है जो पुण्यों के समान जगत को बुनता है सबकी माता श्रुति) रूप और अक्षर (श्रुति ज्ञान) रूप अप्सरायें और ब्रह्मज्ञान में वहन करने वाली नदियां होती हैं। ब्रह्म को जानने वाला आगे बढ़ता है, उस समय ब्रह्मा अपने सेवकों से कहता है:—मेरे यश से तुम दौड़े जाकर उनसे मिलो, वह विरजा नाम की नदी को फलांग चुका है, अब वह कभी भी जरा युक्त नहीं होगा। ३ ॥

Scanned by CamScanner

पांच सौ अप्सरायें उसे मिलने को सामने जाती हैं। उनमें से सौ अप्सराओं के हाथों में मालाएं होती हैं, एक सौ अप्सराओं के हाथों में अंजन होता है, एक सौ अप्सराओं के हाथों में चूर्ण होता है, एक सौ अप्सराओं के हाथों में वस्त्र होते हैं और एक सौ अप्सराओं के हाथों में जवाहरात होते हैं। वे उसको ब्रह्म के अलंकार से सुशोभित बनाती हैं। ब्रह्म के अलंकारों से अलंकृत और ब्रह्म को जानने वाला ऐसा वह ब्रह्म के समीप जाने लगता है। प्रथम वह अर नाम के सरोवर के पास आता है, मन से इस सरोवर का अतिक्रमण करता है। जो वर्तमान समय को जानते हैं वे इस सरोवर के पास आते ही उसमें डूब जाते हैं। पश्चात् वह यज्ञ की इष्टि के नाश करने वाले मुहूर्तों के पास आता है। वे उसे देखते ही भाग जाते हैं, पीछे वह विरजा नाम की नदी के पास आता है, इस नदी का मन से अतिक्रमण करता है। इस स्थान पर वह अपने सुकृत और दुष्कृतका त्याग करता है। उसके प्रिय कुटुम्बी—उपासना करने वाले उसके सुकृत को प्राप्त करते हैं और उसका अप्रिय करने वाले, उसके दुष्कृत को लेते है। जैसे रथ में बैठकर जल्दी से गमन करने वाला पुरुष रथ के चक्र की तरफ दृष्टि करता है वैसे ही वह दिन और रात्रि को देखता है। इसी प्रकार सुकृत और दुष्कृत तथा सर्व द्वन्द्व भावों को देखता है। इस प्रकार सुकृत और दुष्कृत से रहित होकर ब्रह्म ज्ञानी ब्रह्म के प्रति जाता है॥ ४॥

वह इल्य नाम से वृक्ष के पास आता है, उसको ब्रह्म की गंध आती है। पीछे सालज्य नाम के शहर के पास आता है, उसमें ब्रह्म तेज का प्रवेश होता है, पीछे वह अपराजित महल के पास आता है उसमें ब्रह्म तेज प्रवेश करता है पीछे जिस स्थान पर इन्द्र और प्रजापति द्वारपाल हैं वहां आता है। वे उसे देख कर भग जाते हैं। वह विभु नाम के कमरे में आता है तब उसमें ब्रह्म का यश प्रवेश करता है। वह विलक्षण नाम की गद्दी के पास आता है। इस गद्दी के पूर्व की तरफ के दो पाद बृहत् और रथंतर नाम के साम हैं। श्यैत और नौधस उसकी पश्चिम तरफ के पाद हैं। विरूप और वैराज साम उसके उत्तर और दक्षिण के कौण हैं और शाक्कवर और रैवत साम पूर्व पश्चिम की तरफ के कौण हैं। यह वेदी ज्ञान रूप है। प्रज्ञा से वह सबको देखता है। पीछे वह उत्कृष्ट तेज वाले पलंग के पास आता है। यह पलंग प्राण रूप है, भूत और भविष्य उसके पूर्व पाद हैं, श्री और पृथ्वी उसके पश्चिम पाद हैं, बृहत् और रथंतर नाम के साम उत्तर और दक्षिण तरफ की पाटी हैं, भद्र और यज्ञायज्ञीय पूर्व और पश्चिम की तरफ की पाटी है। ऋक् तथा यजुष् पूर्व, पश्चिम तरफ की निवार है यजुष् उत्तर दक्षिण तरफ की निवार है। चन्द्र की किरणें गेंदुआ (कान के नीचे रखने का तकिया) है, उद्गीथ चद्दर है, अभ्युदय तकिया है, इस पलंग पर ब्रह्म विराजता है। जब एक पैर को ऊपर रख कर ब्रह्म का ज्ञाता ऊपर चढ़ने को

Scanned by CamScanner

जाता है, तब ब्रह्म उससे पूछता है "तू कौन है ?" तब उसे नीचे के समान कहना चाहिये ॥ ५ ॥

"मैं काल रूप हूं, ऋतुओं में जो होता है, सो रूप मैं हूं। मेरी उत्पत्ति आकाश में से है, संवत्सर का रेत रूप, भूत और कारण का तेज रूप, जड़, चैतन्य सबका आत्मा रूप और पंच भूतात्मक सबल ब्रह्म के तेज में से मेरा उद्भव है। तू यह आत्मा रूप है, जैसा तू है वैसा ही मैं हूँ।" ब्रह्म उससे पूछता है "मैं कौन हूँ ?" तब कहना चाहिये "तू सत्य रूप है" सत्य क्या है ?" "जो सब (इन्द्रियों) के अधिष्ठाता, देवों और प्राणों से भिन्न है। तत् यह ही सत्य रूप से है। जो देव और प्राण हैं सो सत्य रूप है। यह 'सत्य' इस शब्द से सबसे पहिचाना जाता है। इस प्रकार का सब विश्व है। तू भी सर्व रूप है, इस प्रकार के वेद के मंत्र से कहा जाता है ॥ ६ ॥"

यजुष् उदर रूप है। साम मस्तक रूप है। ऋक् उसकी मूर्ति रूप है इस प्रकार अक्षर ब्रह्म है, उसको ऋषि ब्रह्ममय अथवा महान् रूप से जाने। ब्रह्म उससे पूछता है "मेरे पुलिंग नाम तूने किस प्रकार प्राप्त किये ?" वह उत्तर देता है "प्राण से।" "मेरे स्त्री लिंग के नाम किस प्रकार प्राप्त किये ?" तब कहता है "वाणी से" "मेरे नपुंसक नाम किस प्रकार प्राप्त किये" तब कहता है "मन से" गंध किससे ? "घ्राणेन्द्रिय से" "रूप किससे ?" चक्षु से" "शब्द किससे ?" "श्रोत्रेन्द्रिय से" "अन्न का रस किससे ?"

"जिह्वा से" "कर्म किससे" "हाथों से" "सुख दुख किससे ?" "शरीर से" "आनन्द रति और प्रजा किससे ?" "उपस्थेन्द्रिय से" गति किससे ?" "पग से" "बुद्धि किससे पहिचानती है ?" "प्रज्ञा से" इस प्रकार उससे कहना चाहिये। पीछे ब्रह्म उससे कहता है "यह जल मेरा है, उस जल से बना हुआ यह लोक तेरा है।" जिसको इस प्रकार ब्रह्म ज्ञान होता है वह ब्रह्म में जो सम्पत्ति है, उसको जीतता है और ब्रह्म में जो कुछ शक्ति है वह उसको प्राप्त होती है ॥ ७ ॥

दूसरा अध्याय।

कौषीतकि कहने लगे :-प्राण ब्रह्म रूप है, प्राण जो ब्रह्म रूप है उसका दूत रूप मन है, वाणी परोसने वाली है। चक्षु शरीर का रक्षक रूप है और श्रोत्र द्वारपाल है। प्राण रूप ब्रह्म का मन दूत है, ऐसे जो जानता है वह दूत वाला होता है; चक्षु को रक्षक जानने वाला रक्षक वाला होता है। जो श्रोत्र को द्वारपाल जानता है वह द्वारपाल से युक्त होता है। जो वाणी को परोसने वाली जानता है वह परोसने वाले से युक्त होता है। इस प्राण रूप ब्रह्म के लिये सब देवता अर्थात् इन्द्रियां न मांगने पर भी बलि लाते हैं इसी प्रकार उसकी उपासना करने वाला नहीं मांगे तो भी सब प्राणी बलि लाते हैं। जो इस प्रकार जानता है, उसका परम रहस्य व्रत यह है कि वह किसीसे कुछ न मांगे। जैसे एक मनुष्य ग्राम में भिक्षा मांगने जाता है, जब उसको कुछ

Scanned by CamScanner

नहीं मिलता तब वह ऐसा कह कर बैठता है कि अब मैं भिक्षा में मिला हुआ भक्षण न करूंगा; तब जो लोग भिक्षा देने को नाहीं करते थे वेही उसको बुला कर देने लगते हैं। जो याचना नहीं करता उसका इस प्रकार का धर्म है; परन्तु धन देने वाले हम तुमको देंगे' ऐसा कह कर बुलाते हैं ॥ १ ॥

पैंग बोला—प्राण यह ही ब्रह्म है। प्राण रूप ब्रह्मको वाणी के पीछे चक्षु आवरण करते हैं, चक्षु के पीछे श्रोत आवरण करते हैं। श्रोत्र के पीछे मन आवरण करता है और मन के पीछे प्राण आवरण करते हैं। देवता-इन्द्रियां न मांगने पर इस प्राण रूप ब्रह्म को बलि लाकर देते हैं। इसी प्रकार प्राण की ब्रह्म रूप से उपासना करने वाले को नहीं मांगने पर भी प्राणी बलि लाकर देते हैं। ऊपर के समान नहीं मांगने वाले को सब देते हैं ॥ २ ॥

अब उत्तम धनको प्राप्तिका उपाय कहते हैं। उस उत्तम धनकी इच्छा करने वाला मनुष्य पौर्णमासी या अमावस्या को अथवा शुक्ल पक्ष में किसी शुभ नक्षत्र पर अग्नि सिद्ध करे। अग्नि के चारों ओर की भूमिको साफ कर उसको चारों ओर दर्भ बिछावे, जल के छींटे लगावे और दाहिना घुटू झुका कर स्रुवा से अथवा चम्मच से अथवा कांसे के किसी पात्र से आगे लिखे के अनुसार आहुति दे। "वाणी नाम का देवता अवरोधी (प्राप्त कराने वाला) है, वह मुझको उससे मिलादे, उसके लिये स्वाहा।" "प्राण नाम का देवता अवरोधी है, वह मुझको

उससे यह प्राप्त करादे, उसके लिये स्वाहा।" नेत्र नाम का देवता अवरोधी है, वह मुझको उससे यह प्राप्त करादे, उसके लिये स्वाहा" "श्रोत्र नामका देवता अवरोधी है, वह मुझको उससे यह प्राप्त करादे, उसके लिये स्वाहा।" "मन नामका देवता अवरोधी है, वह मुझको उससे यह प्राप्त करादे, उसके लिये स्वाहा।" प्रज्ञा नामका देवता अवरोधी है, वह मुझको उससे यह प्राप्त करादे, उसके लिये स्वाहा। (यह आहुतियां देने के बाद) वह नाक से घुयें को सूंघे और सर्वांग में घृत का लेपन करे, मौन धारण करते हुये (वह पदार्थ जिसके पास हो उसके पास) चला जाय और अपनी इच्छा प्रकट करे अथवा किसी दूत को भेज कर ऐसा करे। उसको अर्थ की प्राप्ति हो जायगी ॥ ३ ॥

अब देवस्मर (देवताओं से पूर्ण होने वाली कामना) कहते हैं। जिस किसी एक पुरुष को वा स्त्री को अथवा अनेक पुरुषों को वा स्त्रियों को हम प्रिय हों ऐसी किसी को इच्छा हो तो वह ऊपर लिखे हुए मुहूर्त पर बराबर उसी रीति के अनुसार अग्नि में नीचे लिखे मन्त्रों से आहुतियां दे—तेरे वाणी का यह मैं अपने में हवन करता हूं, स्वाहा। तेरे श्रोत्र का मैं अपने में हवन करता हूं, स्वाहा। तेरे मनका यह मैं अपने में हवन करता हूं, स्वाहा। तेरे प्रज्ञा का यह मैं अपने में हवन करता हूं, स्वाहा! (ये आहुतियां देने के पश्चात्) वह नाक से घुयें को सूंघे और सब अंगों में घृत का लेपन करे, मौन धारण करते हुए उससे स्पर्श हो इस प्रकार उसके पास जाने की इच्छा करे अथवा दूर से

Scanned by CamScanner

वैसा कहता हुआ खड़ा रहे। निश्चय वह प्रिय हो जायेगा और वह उसको याद करेंगे ॥ ४ ॥

अब प्रतर्दन का अनुष्ठान किया हुआ संयमन (निरोधन) कहते हैं—इसी को आन्तर अग्निहोत्र कहते हैं। मनुष्य जब तक बोलता रहता है, तब तक वह श्वासोश्वास नहीं ले सकता। इस समय वह अपने वाणी में प्राण का हवन करता है और जब तक वह श्वासोश्वास करता रहता है तब तक वह अपने प्राण का वाणी में हवन करता है—वह जागता हो या निद्रित। यह कभीं न समाप्त होने वाली अखण्ड आहुतियाँ बराबर हुआ करती है। सामान्य आहुतियां अन्त वाली होती हैं क्योंकि वे कर्म रूप हैं। प्राचीन काल के विद्वान् लोग इस अग्निहोत्र को करते थे ॥ ५ ॥

उक्थ ब्रह्म है, ऐसा शुष्क भृङ्गार ने कहा है। यह उक्थ और ऋक् एक ही है ऐसा समझ कर उसका मनन करे। सब प्राणी उसी को श्रेष्ठ मानकर उसकी ही अर्चा करते हैं। वह और यजुर्वेद एक ही है ऐसा समझ कर उसका मनन करे। सर्व प्राणी उसी को श्रेष्ठ मान के उसका योग करते हैं (ध्यान करते हैं) वह और साम एक ही है ऐसा समझ कर उसका मनन करे। समस्त प्राणी उसको श्रेष्ठ मानकर उसको नमस्कार करते हैं। यह और ऐश्वर्य एक ही है, ऐसा ध्यान करे, यह और यश एक ही है ऐसा ध्यान करे। यह और तेज एक ही है ऐसा ध्यान

करे। जिस प्रकार धनुष सब शस्त्रों में अत्यन्त श्री युक्त और अत्यन्त तेजस्वी होता है उसी प्रकार यह जानने वाला मनुष्य समस्त प्राणियों में अत्यन्त श्री युक्त, अत्यंत यशस्वी और अत्यंत तेजस्वी होता है। कर्म का साधन रूप इष्ट का (लकड़ियां) से प्रज्वलित अग्नि ही वह स्वयं है ऐसा अध्वर्यु मानता है और वह यज्ञ का यजुर्भाग उसमें प्रवेश करता है। होता यजुर्भाग में ऋग् भाग का प्रवेश कराता है। उद्गाता ऋग् भाग में साम भाग का प्रवेश कराता है, वही त्रयी विद्या का आत्मा है, सचमुच वही उसका आत्मा है—यह जो जानता है वह वही हो जाता है ॥६॥

अब सर्वजित कौषीतकी (नामक प्रयोग) कहते हैं। इसके तीन प्रकार होते हैं। यज्ञोपवीत पहन कर और आचमन करके जल के पात्र का तीन वार सिंचन करके उदय होने वाले आदित्य की प्रार्थना करे—"तू वर्ग (दुखों से मुक्त करने वाला) है, मुझे पातकों से मुक्त कर।" इसी प्रकार सूर्य मध्याह्न होने पर वह प्रार्थना करे—"तू दुखों से मुक्त करने वाले में श्रेष्ठ है, मुझे पातकों से मुक्त कर।" इसी प्रकार अस्त समय में सूर्य की प्रार्थना करे—"तू सम्पूर्ण रीति से पातकों से मुक्त करने वालाहै, मुझे समस्त पातकों से मुक्त कर। इस प्रकार दिन में और रातमें किये हुए, समस्त पापों का वह नाश करता है। इसी प्रकार यह जानने वाला मनुष्य भी सूर्य की उपासना करता है और उससे वह दिन और रात में किये हुए सब पातकों का नाश करता है ॥ ७ ॥

Scanned by CamScanner

अब प्रति मास अमावस्या के पश्चात् पश्चिम में स्थित चन्द्र की उपासना करे अथवा चन्द्र की ओर दो दूर्वांकुर फेंक कर कहे—"हे मरण रहित आनन्दमय देव चन्द्र में रहे हुए तेरे कोमल हृदय से ऐसा करो कि मुझे मेरे पुत्र के आपत्ति सम्बन्धी शोक करने का प्रसंग कभी न आवे।" उसकी सन्तति उसके आगे कभी नहीं मरेगी जिसके पहिले से पुत्र है उसके सम्बन्ध में यह समझना, जिसके अभी पुत्र नहीं है उसके सम्बन्ध में कहते हैं—ऐसा मनुष्य आगे लिखी हुई ऋग्वेद की तीन ऋचायें पठन करे—"आप्या यस्व समेतु ते" [ऋ० १-९१-१६] (हे सोम तेरी समृद्धि हो और तेरे अंगों में सामर्थ्य प्राप्त हो); "सन्तेपर्यामि समुयन्तु वाजा" [ऋ० ९-३१-४] (दूध और अन्न तुझे प्राप्त हो); "यमादित्या अंशुमाप्या ययन्ति" [ऋ० १-९१-१८] (जिस किरण को सूर्य आनन्दमय बनाता है)। इन तीन ऋचाओं का जप करके वह प्रार्थना करे—"हमारे प्राण, हमारी सन्तति और हमारे पशु इनसे (हमारे शत्रुओं को) समृद्ध न कर। जो हमारा द्वेष करते हैं और जिनका हम द्वेष करते हैं उनका प्राण, उनकी सन्तति, उनके पशु इनसे हमारी समृद्धि कर। इस प्रकार मैं देवों आवृति करता हूँ। मैं आदित्य का संचार घुमाता हूँ।" ऐसा कहकर चन्द्र की तरफ दाहिना हाथ ऊंचा करके पुनः दूर्वांकुर प्रदान करे ॥ ८ ॥

पौर्णमासी के दिन चन्द्र पूर्व की ओर दिखाई देता है। उसकी इसी प्रकार पूजा करते समय यह प्रार्थना करे—"तू सोम

है, राजा है, ज्ञानी है, पांच मुख वाला है, प्रजापति है, ब्राह्मण तेरा एक मुख है उस एक मुख से तू राजाओं को खाता है। उसी मुख से मुझे अन्न खाने वाला कर। क्षत्रिय तेरा एक मुख है, उस मुख से तू वैश्यों को खाता है। उसी मुख से मुझे अन्न खाने वाला कर। श्येन पक्षी तेरा एक मुख है, उस मुख से तू पक्षियों को खाता है। उसी मुख से तू मुझे अन्न खाने वाला कर। अग्नि तेरा एक मुख है, उस मुखसे तू इस लोकको खाता है। उस मुख से तू मुझे अन्न खाने वाला कर। तुझमें पांचवां मुख है उससे तू सब भूतों को खाता है, उससे तू मुझे अन्न खाने वाला कर। हमारे प्राण, हमारी सन्तति, हमारे पशु इनसे तेरा क्षय न हो। जो हमारा द्वेष करता है और जिससे हम द्वेष करते हैं उसका प्राण, उसकी सन्तति, उसके पशु इनसे तू क्षीण हो"। इस प्रकार मैं देवों का संचार कराता हूँ, मैं आदित्य का संचार अनुसरता हूँ। ऐसा कह कर दाहिना हाथ ऊंचा करके दूर्वांकुर प्रदान करे ॥ ९ ॥

अब अपनी स्त्री को पास बुलाकर, उसके हृदय को स्पर्श करके कहे जो तुझमें तेरे कोमल हृदय में प्रजापति के अर्थ प्रविष्ट हुआ है, उससे कभी नाश न होने वाले आनन्द को प्राप्त हुई, हे सुन्दरी, तुझे पुत्र सम्बन्धी शोक करने का प्रसंग कभी न प्राप्त हो उसकी सन्तति उसके पहिले कभी नहीं मरेगी ॥ १० ॥

Scanned by CamScanner

प्रवास करके वापस आने पर पुत्र का मस्तक सूँघे कहे तू मेरे प्रत्यक अवयव से उत्पन्न हुआ है, तू हृदय से उत्पन्न हुआ है, हे पुत्र सचमुख तू मेरा आत्मा है, सो तू सौ वर्ष पर्यन्त जो।" वह उसका नामलेकर कहे "तू पत्थर हो, तूपरशु हो, सोने का डेला हो। हे पुत्र, तू सचमुच तेज है सो तू सौ वर्ष तक जो।" उसका नामलेकर आलिंगन करते हुए वह कहता है,प्रजापति ने प्राणी मात्र का कल्याण के लिये आलिंगन किया, वैसे ही मैं तेरा आलिंगन करता हूँ। पश्चात् पुत्रके दाहिने कान म यह मन्त्र कहे—"अस्मे प्रयन्धि मघवन्नृजीषिन् [ऋ० ३-२६-१०] (हे चपल इन्द्र तू इसको दे) और बांए कान में कहे—'इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेहि [ऋ० २-२१-६] (हे इन्द्र तू श्रेष्ठ द्रव्य दे) पश्चात् तीन वार मस्तक सूँघते हुए कहे, तू हमारा वंश छेद न कर, दुखी न होते हुए सौ वर्ष तक जी। हे पुत्र यह मैं तेरा नाम लेकर तेरा मस्तक सूंघता हूँ।" पश्चात् मैं गाय के हुँकार के समान तुझ पर हुंकरता हूँ, ऐसा कह कर वह पुत्रके मस्तक पर तीन वार हुँकार करे ॥ ११ ॥

अब देवपरिमर (सब देवताओं का ब्रह्म में लीन होना) कहते हैं—अग्नि जलते हुए ब्रह्म ही प्रकाशता है, वह नहीं जलता है, तब मरता है। उसका तेज सूर्य में जाता है और प्राणवायु में जाता है, सूर्य प्रकाशता है तब ब्रह्म ही प्रकाशता है। वह नहीं दीखता तब मर जाता है। उसका तेज चन्द्रमा ही में जाता है, प्राणवायु में जाता है चन्द्र दीखता है तब ब्रह्म ही प्रकाशता

है—वह नहीं दीखता तब मर जाता है। उसका तेज बिजली में जाता है और प्राण वायु में जाता है बिजली चमकती है तब ब्रह्म ही प्रकाशता है, वह नहीं चमकती तब मरता है। उसका तेज वायु में जाता है, और प्राण वायु में जाता है। इस प्रकार यह सब देवता वायु में प्रवेश करके वायु में रहते है, नष्ट नहीं होते। उसी वायु से वे सदा बाहर निकलते हैं—यह देवता सम्बन्धी कथन हुआ; अब शरीर सम्बंधी कहते हैं ॥ १२ ॥

मनुष्य वाणीसे बोलता है तब ब्रह्म ही प्रकाशता है, जब नहीं बोलता तब मर जाता है। उसका तेज नेत्र ही में जाता है, प्राण प्राणमें जाता है, मनुष्य आंखों से देखता है तब ब्रह्म ही प्रकाशता है और नहीं देखता तब मरता है। उसका तेज कान ही में जाता है और प्राण प्राण में जाता है। अब मनुष्य कान से सुनता है, तब ब्रह्म ही प्रकाशता है और नहीं सुनता तब मर जाता है। उसका तेज मन ही में जाता है, प्राण प्राण में जाता है। मनुष्य मन से विचार करता है तब ब्रह्म ही प्रकाशता है जब नहीं विचार करता तब मर जाता है। उसका तेज मनमें जाता है और प्राण प्राण में जाता है। इस प्रकार ये सब देवता (इन्द्रियां) प्राण ही में प्रवेश करके प्राण ही में लीन रहते हैं और नष्ट नहीं होते। उसी प्राणसे वे फिर बाहर निकलते हैं। यह दक्षिणऔर उत्तर के दोनों पर्वत ऐसा जानने वाले को पीस डालने के लिये आगे बढ़ने पर भी नहीं पीस सकेंगे। परन्तु जो उससे द्वेष करते हैं और वे सब जिससे वह द्वेष करता है उसके पास आकर मर जाते हैं ॥१३॥

Scanned by CamScanner

अब निःश्रेयसादान (प्राणोंका श्रेष्ठत्व ग्रहण) कहते हैं; देवता अपनी श्रेष्ठता के लिये वाद करने लगे और शरीर के बाहर निकल गये और शरीर लकड़ी के समान पड़ा रहा। पश्चात् वाणी ने उसमें प्रवेश किया परन्तु वाणी से बोलता हुआ भी वह पड़ा ही रहा। पश्चात् नेत्र ने प्रवेश किया परन्तु वाणी से बोलता हुआ और नेत्र से देखता हुआ भी वह पड़ा रहा। पश्चात् कर्णेन्द्रिय ने प्रवेश किया परन्तु वाणी से बोलता, नेत्रों से देखता और कर्णों से सुनता हुआ भी वह पड़ा ही रहा पश्चात् मन ने उसमें प्रवेश किया परन्तु वाणी से बोलता हुआ, नेत्रों से देखता हुआ, कानों से सुनता हुआ और मन से विचार करता हुआ भी वह पड़ा ही रहा। पश्चात् प्राण ने उसमें प्रवेश किया—तत्काल ही वह उठ खड़ा हुआ। तब प्राण का श्रेष्ठत्व स्वीकार करके प्राण ही एक जानने वाला आत्मा है ऐसा जानकर सब देवता प्राणों के साथ उस शरीर से बाहर निकले और वायु में स्थिर होकर और आकाश में लीन होकर स्वर्गलोक में गये। ऐसा जानने वाले मनुष्यको प्राणोंका श्रेष्ठत्व विदित होता है और प्राण ही प्रज्ञात्मा है ऐसा वह जानता है और इसी प्रकार वह शरीर से बाहर निकलता है और वायु में स्थिर होकर और आकाश में लय होकर स्वर्गलोक में जाता है—जिस स्थान में वे देवता होते हैं उस स्थान में वह जाता है इस अवस्था को पहुँचने पर यह जानने वाला मनुष्य उन देवताओं को प्राप्त हुए अमरत्व से अमर होजाता है॥ १४॥

अब आगे पिता पुत्रीय सम्प्रदान (पिता का पुत्र को देने का उपदेश), कहते हैं—(पिता मरते समय अपने पुत्र को बुलाता है) उसके पहले घर में नयी घास बिछाकर, अग्नि सिद्ध करके, उसके पास पात्रों के साथ पानी का घड़ा रखकर श्वेत वस्त्र पहन करके और कोरा कपड़ा ओढ़कर आ बैठता है और पुत्र के ऊपर झुकता है और अपने इन्द्रियों से उसकी इन्द्रियों को स्पर्श करता है अथवा वह उसके आगे बैठकर यह उपदेश करे—"मेरी वाणी तुममें स्थित हो।" पुत्र कहे "तुम्हारी वाणी मैं ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मेरा प्राण तुझमें प्रविष्ट हो।" पुत्र कहे, तुम्हारा प्राण में ग्रहण करता हूं।" पिता कहे, "मेरे नेत्र तुझमें स्थित हों" पुत्र कहे, "तुम्हारे नेत्र मैं ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मेरा कर्ण तुझमें प्रविष्ट हो।" पुत्र कहे "तुम्हारे कर्ण अपने में ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मेरा अन्न रस मैं तुझमें स्थित हो।" पुत्र कहे, "तुम्हारे अन्न रस को अपने में ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मैं अपने कर्म तुझको देता हूँ। पुत्र कहे, "मैं तुम्हारे कर्म अपने में ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मैं अपने सुख दुःख तुझमें प्रविष्ट कराता हूँ।" पुत्र कहे, "तुम्हारे सुख दुःख मैं ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मेरा आनन्द, सन्तोष और सन्तति तुझको प्राप्त हो।" पुत्र कहे, "तुम्हारा आनन्द, सन्तोष और सन्तति अपने में ग्रहण करता हूँ।" पिता कहे, "मेरा गमन तुझमें होने दे।" पुत्र कहे, "तुम्हारा गमन मैं अपने में कराता हूँ।" पिता कहे "मेरा मन तुझमें रहने दे।" पुत्र कहे, "तुम्हारा मन

Scanned by CamScanner

मैं मुझमें प्रविष्ट कराता हूं।" पिता कहे, 'मेरी प्रज्ञा तुझमें रहने दे।" पुत्र कहे, "तुम्हारी प्रज्ञा को मैं ग्रहण करता हूं।" यदि वह बहुत बीमार हो तो "मेरे प्राण तुझमें रहने दे" इतना कहे और पुत्र तुम्हारे प्राण मैं अपने में ग्रहण करता हूं, ऐसा उत्तर दे। पश्चात् दाहिने नेत्र से पिता को देखते हुए पुत्र पिता को प्रदक्षिणा करते हुए चला जाता है। पिता उसको बुलाकर कहता है "मेरा यश, ब्रह्मवर्चस और सम्मान तुझे हमेशा प्राप्त हो।" इसके पश्चात् कोई अपने हाथ से अथवा वस्त्र से अपने को ढककर बांये स्कन्ध से पीछे देखे और कहे, स्वर्गलोक तथा सम्पूर्ण इच्छित पदार्थ तुझको प्राप्त हो। इसके पश्चात् यदि पिता अच्छा होजाय तो वह पुत्र के अधिकार में रहे। अथवा संन्यास ग्रहण करे। परन्तु यदि मर जाय तो उसकी अंत क्रिया योग्यता अनुसार कर दे। उसकी क्रिया योग्यता के अनुसार कर दे॥ १५॥

तीसरा अध्याय।

दिवोदास का पुत्र प्रतर्दन युद्ध और पराक्रम से इन्द्र के परम धाम को पहुँचा, उससे इन्द्र ने कहा, "हे प्रतर्दन! मैं तुझे क्या वरदान दूं?" प्रतर्दन ने कहा "आपको जो पसन्द हो जिसको आप मनुष्य के लिये हितकारी समझते हों वह वरदान मुझे दीजिये।" इन्द्र बोला "कोई दूसरे के लिए वरदान पसन्द नहीं करता, तू अपने लिये आप ही वरदान मांग?" प्रतर्दन बोला "मुझे पसन्द करने के लिये कुछ है ही नहीं।" इन्द्र ने कभी

सत्य का त्याग नहीं किया क्योंकि इन्द्र सत्य रूप है! इन्द्र बोला "तू मुझही को जान, मनुष्य के लिये मैं यही उत्तम हित मानता हूं कि यह मुझे पहिचाने। त्वष्टा के तीन मस्तक वाले पुत्र को मैंने मार डाला था, वेद से रहित संन्यासियों को मैंने भेड़ियों को दे दिया। अनेक संधियों का अतिक्रमण करके आकाश में प्रह्लाद के वंशजों को मैंने मारा था इस करके मेरे भी शिर का एक बाल भी टूटने न पाया। जो मुझको जानता है, (जीवात्मा और परमात्मा के बीच में जिसको अद्वैत भाव होता है) उसका लोक (सुख) किसी कर्म मातृ वध से, पितृ वध से, चोरी से और भ्रूण हत्या से कभी नष्ट नहीं होता। कभी वह पाप कर्म करने की इच्छा करता है तो भी उसके मुख की कान्ति फीकी नहीं पड़ती" ॥१॥

इन्द्र बोला:— "मैं प्राण रूप हूं। प्रज्ञा रूप, आयुष् और अमृत रूप से मेरी उपासना कर। आयुष् प्राण रूप है, प्राण आयुष् रूप है और प्राण को अमृत से कहा है। जब तक इस शरीर में प्राण रहता है तब तक आयुष्य रहता है मनुष्य प्राण करके इस लोक में अमृतत्व को प्राप्त करते हैं और प्रज्ञा से सत्य संकल्प को प्राप्त करते हैं। जो आयुष्य रूप और अमृत रूप से मेरी उपासना करता है वह इस लोक में पूर्ण आयुष्य को प्राप्त होता है और स्वर्गमें अमृत भावको प्राप्त करता है और अक्षयरूप होता है।" तब प्रतर्दन बोला "कितनेक कहतेहैं कि जब कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रियरूप प्राण एकत्र होकर गमन करते हैं तब

Scanned by CamScanner

वाणी से नाम जानने को कोई समर्थ नहीं होता। तैसे ही चक्षु रूप को, श्रोत्र शब्द को और मन ध्यान को नहीं जान सकता। जब प्राण एक रूप होजाताहै तब वह भिन्न २ जानने की शक्ति देता है। इस प्रकार जब वाणी बोलती है तब सब प्राण उसके पीछे बोलते हैं। जब चक्षु देखता है तब उसके पीछे सब प्राण देखते हैं। जब श्रोत्र सुनता है तब उसके पीछे सब प्राण सुनते हैं और जब मन विचारता है तब उसके पीछे सब प्राण विचारते हैं। जब प्राण श्वास लेता है तब सब प्राण उसके पीछे श्वास लेते हैं।" इन्द्र बोलाः—"इस प्रकार है तो सही, परन्तु उत्कृष्ट सुख तो प्राण को ही होता है ॥२॥

हम गूंगे को देखते हैं उससे जान सकते हैं कि वाणी रहित मनुष्य जीता है, अंधे को देखकर जान सकते हैं कि चक्षु रहित मनुष्य जीता है। बहरे को देखकर जान सकते हैं कि श्रोत्र रहित जीता है, हाथ से रहित जीता है, तैसे ही उरु कटा हुआ जीता है। इस प्रकार देखते है कि प्राण ही प्रज्ञात्मा रूप है, इस शरीर को धारण करके वह इसको उठाता है, इसलिये उसकी उक्थ रूप से उपासना करनी चाहिये। जो प्राण है वह ही प्रज्ञा रूप है, जो प्रज्ञा है सो प्राण रूप है। इस प्राण का स्वरूप इस प्रकार है:—प्राण और प्रज्ञा इस शरीर में साथ रहते हैं, उनमें से दोनों साथ ही उत्क्रमण करते हैं, यह उसकी दृष्टि विज्ञान रूप है। जब पुरुष सुषुप्ति अवस्था में होता है, जब वह कुछ भी स्वप्न नहीं देखता, उस समय प्राण के विषे एक ही

प्रकार का होता है। पीछे वाणी सब नामों सहित उसमें प्रवेश करती है, चक्षु सर्व रूपों सहित उसमें प्रवेश करते हैं, श्रोत्र सब शब्दों सहित उसमें प्रवेश करते हैं और मन सर्व संकल्पों सहित उसमें प्रवेश करता है। जब मनुष्य जाग्रतावस्था में आता है तब जैसे जलते हुए अग्नि में से सब दिशाओं में चिनगारियां उड़ती हैं वैसे ही इस आनन्द रूप आत्मा में से सब प्राण अपने अपने स्थान प्रति जा जाकर बैठते हैं। प्राणों से देव और देवों से लोक होते हैं इस रीति का उसका प्रमाण और विज्ञान है। कोई एक पुरुष रोगग्रस्त होता है और मरण के समीप होता है, बल से रहित होता है, भान रहित अवस्था में पड़ता है, तब उसके पास बैठने वाले कहते हैं कि उसका चित्त जाता रहा है, वह सुनता नहीं है, वह देखता नहीं है, वह वाणी से बोलता नहीं है, वह इस प्राण में एक रूप होगया है। पीछे सब नामों सहित वाणी उसमें प्रवेश करती है, सब रूप सहित चक्षु उसमें प्रवेश करते हैं, सर्व शब्दों सहित श्रोत्र उसमें प्रवेश करते हैं और सब संकल्पों सहित मन उसमें प्रवेश करता है। जब वह जाग्रत होता है तब जैसे जलते हुए अग्नि की चिनगारियां सब दिशाओं में उड़ती हैं इसी प्रकार आनन्द रूप आत्मा में से प्राण अपने अपने स्थान पर चले जाते हैं। प्राणों में से देवताओं का और देवताओं में से लोकों का उद्भव होता है॥ ३॥

Scanned by CamScanner

जब इस शरीर में से प्राण का उत्क्रमण होता है तब शरीर से वाणी सब नामों का त्याग करती है, वाणी की सहायता से सब नामों की प्राप्ति होती है। प्राण सर्व गंधों का त्याग करता है। प्राण की सहायता से सब गंध शरीर को प्राप्त होता है। चक्षु शरीर में से सब रूपों का त्याग करता है, शरीर को चक्षु से सर्व रूपों की प्राप्ति होती है। मन शरीर में से सर्व संकल्पों का त्याग करता है, मनसे उसको सर्व संकल्पों की प्राप्ति होती है। प्राण की विद्यमानता से शरीर को इन सब की प्राप्ति होती है। प्राण प्रज्ञा रूप है और जो प्रज्ञा रूप है सो प्राण है। अब जिस प्रकार प्रज्ञा में सब भूत एक भाव को प्राप्त होते है, उसका वर्णन करते हैं ॥४॥

वाक् देवता ने अपना एक अंश निकाल लिया इससे उसका विषय शब्द भूत मात्रा रूप से बाहर जाता रहा। जिह्वा ने अपना एक अंश निकाल लिया इससे उसका विषय रस भूत मात्रा रूप से बाहर जाता रहा। हाथ ने एक अंश निकाल लिया इससे उसका विषय सुख और दुःख मात्रा रूप से बाहर जाता रहा। उपस्थेन्द्रिय ने अपना एक अंश निकाल लिया इससे उसका विषय आनन्द रति और प्रजोत्पत्ति भूत मात्रा रूप से बाहर जाता रहा। पादों ने अपना एक अंश निकाल लिया इससे उनका विषय गति भूत मात्रा रूप से बाहर जाती रही। प्रज्ञा ने अपना एक अंश निकाल लिया इससे उसका विषय बुद्धि, ज्ञान और काम भूत तन्मात्रा रूप से बाहर जाता रहा ॥ ५ ॥

प्रज्ञा वाणी से आरूढ होने से-उसी रूप बनने से वाणी से सब नामों को प्राप्त करती है। प्रज्ञा से प्राण में आरोहण होने से प्रज्ञा प्राणों से सब गंधों को प्राप्त करती है। प्रज्ञासे चक्षु में आरोहण होने से प्रज्ञा चक्षु से सब रूपों को प्राप्त करती है प्रज्ञा से श्रोत में आरोहण होने से प्रज्ञा श्रोत्र से सब शब्दों को प्राप्त करती है। प्रज्ञा से जिह्वा में आरोहण होने से प्रज्ञा जीभ से सब रसों को प्राप्त करती है। प्रज्ञा से हस्तों में आरोहण होने से प्रज्ञा दोनों हाथों से सब कर्मों को प्राप्त करती है। प्रज्ञा से उपस्थेन्द्रिय से आरोहण होने से प्रज्ञा उपस्थ से आनन्द, रति और प्रजोत्पत्ति की शक्ति प्राप्त करती है। प्रज्ञा से दोनों पैरों में समारोहण होने से प्रज्ञा पैरों से सर्व गति को प्राप्त करती है। प्रज्ञा से मनमें आरोहण होने से प्रज्ञा मनसे विज्ञान और काम को प्राप्त करती है ॥ ६ ॥

प्रज्ञा से रहित वाणी किसी नाम को भी नहीं जना सकती। उस समय ऐसा कहा जाता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था मैंने उस नाम को नहीं जाना। सच है कि प्रज्ञा से रहित घ्राण किसी गंध को भी नहीं जना सक्ता। ऐसा कहा जाता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था, इसलिये मैंने गंध को नहीं जाना। प्रज्ञा से रहित चक्षु किसी रूप को भी नहीं जना सक्ता, वह कहता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था इसलिये मैंने रूप को नहीं देखा। प्रज्ञा से रहित श्रोत्र किसी भी शब्द को सुन नहीं सक्ता, वह ऐसा कहता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था इसलिये

Scanned by CamScanner

मैंने शब्द नहीं सुना। प्रज्ञा से रहित जीभ रस के स्वाद को नहीं जना सकी, वह कहता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था इसलिये मैंने रस को नहीं जाना। प्रज्ञा से रहित हाथ किसी कर्म को नहीं जना सका, वह कहता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था इसलिये मैंने कर्म को नहीं जाना। प्रज्ञा से रहित शरीर किसी भी सुख दुःख को नहीं जानता। ऐसे कहता है कि मेरा मन दूसरे ठिकाने था इसलिये मैं इस सुख दुःख को जान न सका। प्रज्ञासे रहित उपस्थ रति, आनन्द और प्रजोत्पत्ति को नहीं जना सका। वह कहता है कि मेरा मन अन्यत्र था जिससे मैं आनन्द, रति और प्रजोत्पत्ति को जान न सका। प्रज्ञा से रहित पाद किसी गतिको नहीं जना सके, वह कहता है कि मेरा मन अन्य ठिकाने था इसलिये मैं गति को जान न सका। प्रज्ञा से रहित बुद्धि किसी को नहीं जना सकी और जानने योग्य जाना नहीं जा सका ॥७॥

मनुष्य वाणी को जानने की इच्छा न करे,वक्ता को जानना चाहिये। मनुष्य गंध जानने की इच्छा न करे गंध के ज्ञाता को जानना चाहिये। मनुष्य रूप देखने की इच्छा न करे, रूप के ज्ञाता को जानना चाहिये। शब्द जानने की इच्छा न करे, श्रोता को जानना चाहिये। रस जानने की इच्छा न करे, रस के ज्ञाता को जानना चाहिये। मनुष्य कर्म जानने की इच्छा न करे, उसके कर्ता को जानना चाहिये। मनुष्य सुख दुःख जानने की इच्छा न करे सुख दुःख के ज्ञाता को जानना चाहिये। मनुष्य को आनन्द, रति और प्रजोत्पत्ति के ज्ञाता को जानना चाहिये।

मनुष्य गति को जानने की इच्छा न करे, गमन करने वाले को जानना चाहिये। मनुष्य को मन को न जानना चाहिये, मनन करने वाले को जानना चाहिये। सच ही ये दश भूत-मात्रायें प्रज्ञा की अधिष्ठित हैं और प्रज्ञा की दश मात्रायें भूतों के अधिष्ठित हैं। जो भूत मात्रायें न हों तो प्रज्ञा मात्रायें न होनी चाहिये और जहां प्रज्ञा तन्मात्रायें न हों वहां भूत मात्रायें भी न चाहिये ॥ ८ ॥

इन दोनों में से एक करके किसी रूप की भी सिद्धि नहीं होती। इस एकता का कभी विभाग नहीं होता। जैसे रथ के चक्र के आरे में नेमि रहती है और नेमि में आरे रहते हैं इसी प्रकार भूत मात्रायें प्रज्ञा मात्राओं में रहती हैं और प्रज्ञा मात्रा प्राण में रहती है। यह प्राण ठीक प्रज्ञा रूप है, वह आनन्द रूप है, वह अजर और अमृत रूप है। वह शुभ कर्मों से महान् नहीं होता और अशुभ कर्मों से छोटा नहीं होता। यह प्रज्ञा ठीक २ जिस मनुष्य को इस लोक में से उच्च से उच्च गति को पहुंचाने की इच्छा करती है उससे शुभ कर्म कराती है और इस लोक में से जिस मनुष्य को नीच गति में पहुँचाने की इच्छा करती है उससे अशुभ कर्म कराती है वह लोकों का पति रूप है, वह लोकों का अधिपति रूप है। यह प्रज्ञा सर्वेश्वर रूप है। वह मेरा आत्मरूप है ऐसा जाने, मेरा आत्म रूप है ऐसा जाने ॥ ९ ॥

Scanned by CamScanner

चौथा अध्याय।

गार्ग्य गोत्र में बालाकि नामक एक प्रसिद्ध विद्वान् हुआ। वह उशीनर में, मत्स देश में, कुरुपंचाल तथा काशी विदेह देश में रहा हुआ था। वह काशी के राजा अजात शत्रु के पास जाकर उससे बोला, "मैं तुझे ब्रह्म का वर्णन करता हूं।" अजात शत्रु उससे बोला "इस बात के लिये मैं तुझे एक सहस्र (गायें) देता हूं, क्योंकि लोग जनक ही को ब्रह्मविद्या का श्रोता समझते हैं इसलिये उसीके पास लोग (ब्रह्मविद्या के वक्ता) जाया करते हैं, ॥ १ ॥ बालाकि बोला, "आदित्य में जो पुरुष है, उसीकी मैं (ब्रह्मरूप से) उपासना करता हूँ।" अजात् शत्रु ने कहा, "इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। जो बड़ा है, शुभ्र वस्त्र परिधान करता है, तथा जो सब भूतों में श्रेष्ठ और उसका राजा है, उसकी मैं उपासना करता हूँ। जो इस प्रकार उपासना करता है वह सब भूतों का राजा होता है" ॥ २ ॥ बालाकि बोला, "चन्द्र में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ।" अजात शत्रु ने कहा, इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। वह सोम राजा है तथा अन्न का आत्मा (जीवन) है ऐसा मान कर मैं उसकी उपासना करता हूँ इस प्रकार उपासना करने वाला मनुष्य अन्न का आत्मा होता है, यानी उसे अन्न की कमी नहीं होती ॥ ३ ॥ "बालाकि बोला, जो विद्युत् में पुरुष है उसी की मैं ब्रह्मरूप से उपासना करता हूँ।" तब अजात शत्रु ने कहा,

"इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। वह तेज का आत्मा है ऐसा मानकर मैं उसकी उपासना करता हूँ। जो इस प्रकार उपासना करता है वह तेज का आत्मा होता है" ॥ ४ ॥ बालाकि बोला, "मेघ गर्जना में जो पुरुष उसकी मैं ब्रह्मरूप से उपासना करता हूँ।" उससे अजात शत्रु ने कहा, "इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। वह शब्द का आत्मा है ऐसा जान कर मैं उसकी उपासना करता हूँ। जो इस प्रकार इसकी उपासना करता है वह शब्द का आत्मा होता है" ॥५॥ बालिका बोला, "आकाश में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ।" अजात शत्रु ने कहा, "इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। वह पूर्ण और प्रवृत्ति रहित ब्रह्म है ऐसा जानकर मैं उसकी उपासना करता हूँ" इस प्रकार जो उसकी उपासना करता है वह प्रजा और पशुओं से पूर्ण (संपन्न) होता है। वह स्वयं अथवा उसकी प्रजा योग्य काल के पूर्व मरण को प्राप्त नहीं होती ॥ ६ ॥ बालाकि ने कहा, "वायु में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ।" उससे अजात शत्रु ने कहा, "इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। वह वैकुण्ठ (महा पराक्रमी) इन्द्र है तथा पराजय न होने वाली सेना है ऐसा समझ कर मैं उसकी उपासना करता हूं। इस प्रकार इसकी उपासना करने वाला विजयी दुर्जय तथा शत्रुओं को जीतने वाला होता है"। ७॥ बालाकि बोला, "अग्नि में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ।" अजात शत्रु ने कहा, "इस संबंध में तू मुझसे संवाद मत कर। वह प्रबल है ऐसा समझ

Scanned by CamScanner

कर मैं उसकी उपासना करता हूँ। इस प्रकार जो इसकी उपासना करता है वह प्रबल होता है ॥ ८ ॥ बालाकि बोला, "जल में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ।" अजात शत्रु ने कहा, इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर यह नाम स्वरूप (अथवा तेज स्वरूप) है ऐसा समझ कर मैं इसकी उपासना करता हूँ। जो इसकी इस प्रकार उपासना करता है वह नाम स्वरूप (अथवा तेज स्वरूप) होता है। इतना देवता सम्बन्धी हुआ अब शरीर सम्बन्धी कहते हैं ॥ ९ ॥

बालाकि बोला, "आदर्श (आईना) में दीखने वाला जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ।" अजात शत्रु ने कहा, इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। इसको प्रतिरूप समझ कर मैं इसकी उपासना करता हूँ, इस प्रकार जो इसकी उपासना करता है उसके घर में उसीके समान रूपवाला पुत्र उत्पन्न होता है उसके समान रूप न हो ऐसा पुत्र नहीं उत्पन्न होता ॥ १० ॥ बालाकि बोला, "प्रतिध्वनि में जो पुरुष होता है उसकी में उपासना करता हूँ।" अजात शत्रु बोला, इस विषय में तू मुझसे संवाद मतकर। मैं इसको द्वितीय तथा कभी अलग न होने वाला ऐसा जानकर इसकी उपासना करता हूँ। जो इस प्रकार इसकी उपासना करता है उसको द्वितीय से (पत्नी से) द्वितीय पुत्र प्राप्त होता है ॥ ११ ॥ बालाकि बोला, मनुष्य के चलने में जो शब्द होता है, उसकी मैं उपासना करता हूँ। अजात शत्रु ने कहा इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। मैं उसका प्राण समझ कर उपासना

करता हूँ—जो इस प्रकार इसकी उपासना करता है वह अथवा उसकी प्रजा योग्य समय के पहिले नहीं मरती ॥ १२ ॥ बालाकि बोला, छाया में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ। अजात शत्रु ने कहा, इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। उसको मृत्यु समझकर मैं उसकी उपासना करता हूँ। इस प्रकार जो इसकी उपासना करता है वह अथवा उसकी प्रजा योग्य समय से पहले मृत्यु को प्राप्त नहीं होती ॥ १३ ॥ बालाकि बोला; शरीर में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ अजात शत्रु ने कहा, इस विषय में तू मुझसे संवाद न कर। उसकी प्रजापति समझकर मैं उसकी उपासना करता हूँ। इस प्रकार जो उसकी उपासना करता है उसकी प्रजा और पशु वृद्धि को प्राप्त होते हैं ॥ १४ ॥ बालाकि बोला, जो प्राज्ञ आत्मा है और जिससे सोया हुआ पुरुष स्वप्न में भ्रमण करता है उस आत्मा की मैं उपासना करता हूँ। अजात शत्रु ने कहा, इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। वह राजा यम है ऐसा समझकर मैं उसकी उपासना करता हूँ। इस प्रकार जो उसकी उपासना करता है उसकी श्रेष्ठता को सब कोई स्वीकार करते है ॥ १५ ॥ बालाकि बोला—दाहिने नेत्र में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ। अजात शत्रु ने कहा—इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। यह पुरुष नाम का आत्मा, अग्नि का आत्मा तथा तेज का आत्मा है ऐसा समझ कर मैं इसकी उपासना करता हूँ। इस प्रकार जो इसकी उपासना करता है वह इन सबका आत्मा होता है ॥ १६ ॥

Scanned by CamScanner

बालाकि बोला—बांए नेत्र में जो पुरुष है उसकी मैं उपासना करता हूँ। अजात शत्रु ने कहा—इस विषय में तू मुझसे संवाद मत कर। यह पुरुष सत्य का आत्मा, विद्युत् का आत्मा तथा तेज का आत्मा है, ऐसा समझ कर मैं उसकी उपासना करता हूँ। इस प्रकार इसकी उपासना करने वाला पुरुष इन सबका आत्मा होता है॥ १७॥

इस पर अजात शत्रु चुप होगया। तब अजात शत्रु ने कहा—क्या इतना ही तू जानता है? गार्ग्य ने कहा—इतना ही जाना है। अजात शत्रु बोला—मैं तुझसे ब्रह्म का वर्णन करता हूँ, ऐसा कह कर वृथा ही तू मुझसे संवाद करने को आया है। हे बालाकि, इन सब पुरुषों का जो कर्त्ता है, उसी ने यह विश्व उत्पन्न किया है और वही एक जानने के योग्य है।

तदन्तर हाथ में समिधा ग्रहण करके बालाकि उसके पास जाकर बोला—मैं तेरे पास (शिष्य भाव से) आया हूँ। अजात शत्रु ने कहा—क्षत्रिय ब्राह्मण को उपदेश दे यह अयोग्य होगा। चल मैं तुझे समझाता हूँ। पश्चात् उसका हाथ पकड़ कर वह चलने लगा। वे दोनों एक सोये हुए पुरुष के पास गये। अजात शत्रु ने पुकारा—हे ब्रह्मन्, शुद्ध वस्त्र वाले। हे सोम राजन्। परन्तु वह चुप रहा। पश्चात् उसने उसको हिला के जगाया—तब वह उठ कर खड़ा हुआ। तब अजात शत्रु बोला—यह पुरुष कहां सोया था, वह कहां था और इस प्रकार से वह कहां से आया। बालाकि यह नहीं जानता था॥ १८॥ इस पर अजात

शत्रु बोला—वह पुरुष कहां था और कहां से इस प्रकार आया—इसका उत्तर यह है—हृदय में हिता नाम की नाड़ियां उस पुरुष के हृदय से पुरीतता तक फैली हुई हैं। एक बाल के सहस्र भाग के समान ये नाड़ियां सूक्ष्म हैं। इनमें शुभ्र, काला, पीला और लाल इस प्रकार के अनेक रंग का रस भरा रहता है। मनुष्य सोने पर स्वप्न नहीं देखता तब वह इन नाड़ियों में होता है। इस समय वह प्राण के साथ एक रूप होता है। वाणी सब नामों को लेकर इस समय उसको प्राप्त होती है। फिर चक्षु सम्पूर्ण आकार लेकर उसको प्राप्त होता है। कर्ण सब शब्द लेकर उसको प्राप्त होता है। मन सम्पूर्ण विचार लेकर उसको प्राप्त होता है। जब यह जाग उठता है तब जैसे जलते हुए अग्नि से चारों तरफ़ चिनगारियां उठती हैं वैसे ही उस आत्मा से प्राप्त (वाणी इत्यादि) बाहर निकल कर अपने अपने स्थान पर जाते हैं। प्राण से देवता और देवताओं से लोक बाहर निकलते हैं और जिस प्रकार छुरी के घर में छुरी रहती है अथवा अग्नि कुण्ड में अग्नि रहता है इसी प्रकार यह प्राज्ञ आत्मा चोटी से पैर के नख तक शरीर में प्रवेश करता है॥ १९॥ जैसे किसी सेठजी के पीछे उसके सेवक जाते हैं वैसे ही (वाणी आदिक) सब आत्मा इस आत्मा के पीछे जाते हैं। जिस प्रकार प्रधान पुरुष अपने स्वजनों के साथ भोजन करता है वैसे ही यह प्राज्ञ आत्मा इन आत्माओं के साथ भोजन करता है। तथा लोक धनी का अनुसरण करते हैं वैसे ही यह इतर आत्मा इस आत्मा का

Scanned by CamScanner

अनुकरण करते हैं। जब तक इन्द्र को इस आत्मा का ज्ञान नहीं था तब तक वह असुरों से जीता गया—परन्तु जब उसको इसका ज्ञान हुआ तब उसने असुरों को जीत लिया तथा उसको समस्त देवताओं में श्रेष्ठता, स्वाराज्य और आधिपत्य की प्राप्ति हुई। वह सम्पूर्ण प्राणियों में श्रेष्ठता, स्वाराज्य और आधिपत्य को प्राप्त होता है—जो इस प्रकार जानता है, जो इस प्रकार जानता है॥ २०॥

॥ इति कौषीतकि ब्राह्मणोपनिषत् समाप्त॥

अथर्वशिखोपनिषत्।

[४७]

अंगरिस कुल में उत्पन्न हुए ऋषि पैप्पलाद और सन्तकुमार ने अथर्व मुनि से पूछा "हे भगवन्! प्रथम ध्यान करने योग्य क्या है? वह ध्यान क्या है, ध्याता कौन है और ध्येय क्या है?" इसके उत्तर में अथर्व मुनि ने कहा "ॐकार यह अक्षर प्रथम ध्यान करने योग्य है और वह परब्रह्म है। उसके चार पाद और चार वेद हैं इसलिये वह चार पाद वाला कहलाता है। वह ॐकार अक्षर और परब्रह्म है। उसकी प्रथम मात्रा अकार पृथ्वी रूप है तथा वह ऋचा वाले ऋग्वेद रूप है उसका अधिष्ठाता ब्रह्मा है, वसुदेव है, गायत्री छंद है और गार्हपत्य अग्नि है। उसकी दूसरी मात्रा उकार अन्तरिक्ष रूप है, वह यजुष् से यजुर्वेद रूप है, उसका अधिष्ठाता विष्णु, देव इन्द्र, त्रिष्टुप छंद और दक्षिणाग्नि है। तीसरी मात्रा मकार स्वर्ग रूप और साम के मंत्रों से सामवेद रूप है, उसका अधिष्ठाता रुद्र देव, आदित्य जगती छंद और आह्वनीय अग्नि है। अन्त की अर्ध मात्रा सोम लोक रूप है, वह अथर्वण के मंत्र से अथर्व वेद रूप, संवर्तक, अग्नि, मरुद्, विशट और एकर्षि और भास्वती रूप है। प्रथम मात्रा रक्त पीत है और ब्रह्मा देवता वाली है। दूसरी मात्रा श्वेत कृष्ण है और विष्णु देवता वाली है। तीसरी मात्रा शुभ अशुभ

Scanned by CamScanner

वाली शुक्ल है और वह रुद्र देवता वाली है। अन्तिम चौथी अर्ध मात्रा विद्युत् वाली और सर्व वर्ण वाली है और वह पुरुष देवता वाली है। यह ॐकार चार अक्षर वाला, चार पाद वाला, चार मस्तक वाला और चतुर्थ मात्रा रूप है। ये स्थूल, सूक्ष्म, दीर्घ और प्लुत हैं। ॐ तीन वार उच्चार करने के पीछे चौथी वार ॐकार कहने से शान्तात्मा प्रणव युक्त होता है। सब ॐकार रूप है ऐसा कहा है। एक वार ॐकार उच्चार करने से एक वार आत्म प्रकाश होता है। वह प्राणोंको ऊर्ध्व गति में ले जाता है इसलिये ॐकार कहलाता है। ॐकार को प्रलय रूप कहने में आता है, कारण वह सब प्राणों का प्रलय करता है। वह सब प्राणों को परमात्मा में नमाता है इसलिये प्रणव कहते हैं। उसने चतुर्थावस्था में स्थिति की है इसलिये वह सब वेदों और देवों का कारण रूप, सब वाच्य वस्तु और प्रणव रूप है ॥ १ ॥ उसको देव रूप कहते हैं क्योंकि वह सबका रक्षण करता है। सब दुःखों से मनुष्य का तारण करता है इसलिये उसको तारक कहते हैं। सब देवताओं का प्रवेश स्थान होने से उसको विष्णु कहते हैं। सबका वर्धन करता है इसलिये ब्रह्मा है। सबके अन्तर में रहे हुए ध्येयों को दीप के समान प्रकाश करता है इसलिये प्रकाश है। शरीर के हृदयाकाश में विद्युत् के समान प्रकाश करने वाला होने से उसको सत् ॐ कहते हैं। विद्युत के समान वारम्वार गति करके सब दिशाओं को भेदन करता है और सब लोकों को व्याप्त करके रहता है इसलिये इसको व्यापक

और महादेव कहते हैं ॥ २ ॥ इसकी प्रथम मात्रा जाग्रत अवस्था है, दूसरी मात्रा स्वप्नावस्था है, तीसरी मात्रा सुषुप्ति है और चौथी मात्रा तुरीया है। हर एक मात्रा अन्य मात्रा में मिलने से सब पापों का लय होता है और वह स्वयं प्रकाश और स्वयं ब्रह्म हो जाता है। इसलिये उसको सिद्धिकर कहते हैं और ध्यानादि में इसकी योजना की जाती है। सब इन्द्रियों का उपसंहरण कर्ता और सबका धारण कर्ता होने से ब्रह्म तुरीय है। सब इन्द्रियों की स्थापना मनमें करके ध्यान विष्णुरूप है। प्राण सह इन्द्रियोंकी मनमें स्थापना करने से ध्याता रुद्र है। इन्द्रिय प्राण और मनकी नाद के अंतमें परमात्मामें स्थिति होने से ध्येय ईशान है ऐसे महादेव का ध्यान करना। येसव-ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र और भूतोंके साथ सब इन्द्रियों की उत्पत्ति उसमें से होती हैं। कारण का कारण नहीं होता। ध्याता कारण रूप है और सब ऐश्वर्य युक्त सर्वेश्वर ध्येय रूप है। ऐसे शिवका क्षण भरसे अधिक आकाशमें स्थिर ध्यान करने से चोहत्तर (७४) वार सौ सौ यज्ञ करने का जो फल होता है, वह सब फल प्राप्त होता है। उसकी ॐ में गति होती है। सर्व ध्यान, योग और ज्ञान का जो फल है वह ॐकार है। वह वेद रूप, पर रूप, ईश रूप, शिव रूप, एक रूप, ध्येय रूप और कल्याण कर्ता रूप है। सब वस्तु का त्याग करके इस संपूर्ण अथर्व शिखा का जो अध्ययन करता है सो द्विज गर्भवास के भय से निवृत्त होता है। सचमुच गर्भवास से मुक्त होता है ॥ १ ॥

॥ इति अथर्वशिखोपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

शरभोपनिषत् ।

[४८]

भगवान् पैप्पलाद ऋषि एकबार ब्रह्माजी से बोले 'हे भगवन्, ब्रह्मा विष्णु और रुद्र इनमें से अधिकतर ध्यान करने योग्य कौन है सो आपही हमसे कह दीजिये' । पितामह ब्रह्मा ने उनको उत्तर दिया हे पैप्पलाद वाक्य को सुनो । जिसने बहुत ही पुण्य किये हों उसी को यह परमेश्वर प्राप्त होता है, जिसके अंग से मैं उत्पन्न हुआ हूं और जिसको मुख्य विष्णु रुद्र तथा मुख्य सुरेन्द्र मोह के कारण जान नहीं सकता ॥ १ ॥ जो सबका प्रभु है, श्रेष्ठ है पिता और महेश्वर है जो ब्रह्मा को धारण करता है जो सब वेदोंका निर्णय करता है और जो श्रेष्ठ और देवताओंका पिता और प्रभु है ॥ २ ॥ मेरा तथा विष्णु का भी पिता है [उसको नमस्कार है] जो अन्त काल में सब लोकों का संहार करता है ॥ ३ ॥ वही एक सबसे श्रेष्ठ और वरिष्ट है जिस महा बलवान् महेश्वर ने शरभ का घोर रूप धारण करके लोकों का नाश करने वाले नृसिंह को मार दिया ॥ ४ ॥ रुद्र जब विष्णु को दोनों पैर पकड़ कर लेजाते थे तब पीछे २ सब देव आने लगे और कहने लगे, 'कृपा करके पुरुषोत्तम विष्णु का वध न कीजिये आप महान् हैं और आपही की जय है ।' तब भगवान् रुद्र ने विष्णु को तीक्ष्ण नखों से विदारित किया । तबसे चर्म को धारण करने वाला

रुद्र महावीर तथा वीरभद्र नाम से प्रसिद्ध हुआ ॥५—६॥ ऐसा एक रुद्र ही सबके लिये सब सिद्धियों के साधनार्थ पूजन करने योग्य है ।

'जिसने ब्रह्मा का पांचवां मुख नष्ट कर दिया उस रुद्र को नमस्कार है ॥ ७ ॥ जो ललाट से निकले हुए अग्नि से सब जगत को भस्म कर देता है और पुनः उत्पन्न करके पालन भी करता है और इस प्रकार अपना सामर्थ्य प्रकट करता है, उस रुद्र को नमस्कार है ॥ ८ ॥ जिसने बांए पैर से काल को मार डाला और धधकता हुआ विष उसने पीलिया था, उस रुद्र को नमस्कार है ॥ ९ ॥ जिसके बांए चरण पर विष्णु ने अपनी आंख निकाल कर चढ़ादी और इस पूजन से संतुष्ट होकर जिसने विष्णु को चक्र दे दिया, उस रुद्र को नमस्कार है ॥ १० ॥ दक्ष यज्ञ में सब देवोंका पराजय करके जिस वीरने विष्णुको नाग पाशसे बांधडाला था, उस रुद्रको नमस्कार है ॥११॥ जिसके चन्द्र सूर्य और अग्नि ऐसे तीन नेत्र हैं, जिसने लीला मात्र से त्रिपुर को जलाया था और जिससे सब देव गण पशुता ही (दीनता) को प्राप्त हुए और आप पशुपति बन गये, उस रुद्र को नमस्कार है ॥ १२ ॥ मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन आदि विष्णुको भी श्रमित करके पीड़ा पहुँचाता है, कामदेव और यम को जिसने भस्म किया, उस रुद्र को नमस्कार है ॥ १३ ॥ इस प्रकार नाना विध स्तुति करके देव लोगों ने नीलकण्ठ महेश्वर से क्षमा मांगी । फिर परमेश्वर ने

Scanned by CamScanner

ताप त्रय तथा जन्म मृत्यु जरा और व्याधि, इनसे उत्पन्न होने वाले नाना प्रकार के दुःखों का संहार किया ॥ १४ ॥

इस प्रकार के मन्त्रों से प्रार्थित होने पर उस आद्य भगवान सब के आत्म रूप शङ्कर ने सबकी रक्षा की ॥ १५ ॥ मन वाणी से अगोचर और स्तुति करने के योग्य ऐसे महेश्वर की स्तुति करके श्रीविष्णु जिसके चरण कमलों को प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं ॥ १६ ॥ भक्ति से नमस्कार करने वाले ऐसे विष्णु पर रुद्र प्रसन्न हुए।

जिसको न प्राप्त करके वाणी मन के साथ लौट जाती है ऐसे ब्रह्मानन्द को जानने वाला कभी भी भय को प्राप्त नहीं होता ॥ १७ ॥ आत्मा अणु से भी अणु है और महान् से भी महान् है और वह सब प्राणियों के हृदय रूप गुफा में छुपा रहता है। उस द्रष्टा रूप महान् ईश्वर को शोक रहित पुरुष ईश्वरानुग्रह से देखता है ॥ १८ ॥ वशिष्ठ, शुक और वामदेव तथा ब्रह्मा आदि देवता जिसका हृदय में ध्यान करते हैं और सनत् सुजान तथा सनातन आदि जिसकी स्तुति करते हैं वह भगवान आदि देव महेश्वर हैं ॥ १९ ॥ महेश्वर सत्य नित्य और सर्वसाक्षी है। वह नित्य आनन्द रूप निर्विकल्प और कथन करने योग्य नहीं है। भगवान् गिरीश की शक्तिकी किसीको कल्पना नहीं हो सकती अपने अज्ञान ही से हमने उसके स्थान आदि की कल्पना की है ॥ २० ॥ हे आचार शील, उसकी माया मेरे लिये तथा

विष्णु के लिये भी अत्यन्त मोह उत्पन्न करने वाली है। वह अत्यंत दुस्तर है तो भी उसके चरण कमलों के ध्यान से वह सहज पार की जा सकती है ॥ २१ ॥

सब जगत् का कारण विष्णु है वह अपने अंश रूप जीवों के साथ मेरे ही अंश से उत्पन्न होकर समस्त विश्व की रक्षा करता है ॥ २२ ॥ काल पाकर अन्य सब नष्ट होजाता है इसलिये सब मिथ्या है सबका ग्रास करने वाले उस शूलधारी, महादेव, महेश्वर और कृपा करने वाले ऐसे रुद्रको नमस्कार है ॥ २३ ॥ नाना विध सृष्टि में सबसे पृथक् ऐसा विष्णु सबसे महान् है वह तीनों लोकों को व्याप्त कर भूतोंके आत्म रूप से सब भोग भोगते हुए भी अव्यय रहता है ॥ २४ ॥ चार आहुतियोंसे फिर चार आहुतियोंसे फिर पांचसे और फिर दो आहुतियों से जिसके लिये हवन किया जाता है वह विष्णु मुझ पर प्रसन्न हो ॥ २५ ॥ अर्पण ब्रह्म है, हवि ब्रह्म है ब्रह्म रूप अग्निमें ब्रह्म रूप कर्ताके द्वारा जो हवन किया गया है वह भी ब्रह्म ही है इसलिये ब्रह्म रूप कर्म में समाधिस्थ पुरुष द्वारा ब्रह्म ही प्राप्त होने योग्य है ॥ २६ ॥ शर जीव है जिसके अंगोंमें स्वयम् हरि नित्य प्रकाशते हैं वह शरभ हे महामुने, मोक्ष देने वाला साक्षात् ब्रह्म ही है ॥ २७ ॥

जिसकी माया से ममतादि के कारण देवता गण मोहको प्राप्त हुए हैं उसके महिमा का अल्प अंश भी कहने के लिये कोई

Scanned by CamScanner

भी समर्थ नहीं है ॥ २८ ॥ परसे पर ब्रह्म है उसके परसे पर विष्णु है और उसके परसे भी पर ईश है इसलिये उसके बराबर अथवा अधिक कोई भी नहीं है ॥ २९ ॥ शिव ही एक और नित्य है और सब मिथ्या है इसलिये ध्येय रूप विष्णु आदि सब देवताओं को त्याग कर ॥ ३० ॥ सब संसार में छुड़ाने वाले केवल एक ही का ध्यान करना चाहिये। सबका संहार करने वाले उस महेश्वर को नमस्कार है ॥ ३१ ॥

यह पैप्पलाद ऋषिको प्राप्त हुआ महा शास्त्र रूप उपनिषत् हर किसी को नहीं देना चाहिये, अथवा जो नास्तिक, कृतघ्न, दुर्व्यवसायी, दुराचारी ॥ ३२ ॥ दांभिक, निर्दय, शठ अथवा झूठ बोलने वाला हो उसको न देना चाहिये। जो अच्छा काम करने वाला, भक्त सदाचारी, सुशील ॥ ३३ ॥ गुरु भक्त, शम दम युक्त और सीधा हो, शिव भक्त हो, देवाज्ञा के अनुसार वृद्धि रखने वाला हो ॥ ३४ ॥ जो हे सुव्रत, अपनेमें भक्ति रखता हो और कृतघ्न न हो उसी को यह देना चाहिये। अन्यथा किसी को न देकर हे द्विज श्रेष्ठ ! इसकी रक्षा करनी चाहिये ॥ ३५ ॥ पैप्पलाद ऋषि को प्राप्त हुआ यह महा शास्त्र जो पढ़ता है और ब्राह्मणोंको सुनाता है, वह जन्म मरणसे मुक्त होजाता है। जो जानता है वह अमृतत्त्व को प्राप्त होता है। वह पुनः गर्भ में आने से मुक्त होजाता है। उसके सुरा पान के दोष की निवृत्ति हो जाती है। सुवर्ण चोरीके दोष से वह निवृत्त होजाता है। ब्रह्म हत्या का पातक उसमें हो तो वह नष्ट होजाता है। गुरुकी स्त्री से

गमन किया हो तो उस दोष से भी उसकी निवृत्ति हो जाती है। सर्व वेदों के अध्ययन का उसे फल मिलता है। सब देवो के ध्यान का उसे फल मिलता है। वह सब महापातक और उप पातकों से रहित हो जाता है। इसलिये वह शिवजी के आश्रय को प्राप्त होता है। और शिवको प्रिय होने से शिवसायुज्यको प्राप्त होता है। उनका पुनरागमन नहीं होता, उसका पुनरागमन नहीं होना, वह ब्रह्म ही होजाता है। इस प्रकार भगवान् ब्रह्मा बोले ऐसा यह उपनिषत् है।

॥ इति शरभोपनिषत् समाप्त ॥

———

Scanned by CamScanner

पाशुपत ब्रह्मोपनिषत् ।

[४६]

एक वार स्वयंभू ब्रह्मा को 'मैं प्रजा उत्पन्न करूं' इस प्रकार की इच्छा हुई और सब कामनाओं को पूर्ण करने वाले रुद्र और कुबेर उत्पन्न हुए। ब्रह्मा का पुत्र कुबेर और वालखिल्य स्वयंभू से पूछने लगे, 'जगत की विद्या कौन सी है ? जाग्रत और तुरीय के देवता कौन है ? जगत किसके वश में है ? काल का क्या प्रमाण है ? सूर्य चन्द्र तथा ग्रहादि किसकी आज्ञा से प्रकाशते हैं ? और किसकी महिमा आकाश के सदृश (विशाल) है ? सो मैं सुनना चाहता हूँ। आपके सिवाय और कोई इन बातों को नहीं जानता इसलिये हे ब्रह्मन्, आपही कहिये।'

स्वयंभू बोले, 'इस जगत की मात्रुका वर्णमाला रूप माता विद्या है। वह दो वर्णवाली ('हंस' रूप) और तीन वर्ण वाली (प्रणवात्मक) है; द्विवर्ण वाली (हंसात्मक) विद्या तीन वर्ण युक्त (प्रणवस्वरूप ही) है। चार मात्रा वाला ॐकार मेरा प्राणरूप देवता है। मैंही तीनों जगत का एक मात्र पति हूँ और मेरे ही वश सब युग हैं। रात्रि और दिन आदि ये सब मुझही से कालरूप से उत्पन्न हुए हैं। सूर्य का तेज और चन्द्र नक्षत्र और ग्रह आदि की ज्योति यह मेरा ही रूप है। मेरी तीन शक्तिवाली माया रूप ही यह आकाश है मुझसे अन्य कुछ भी

नहीं है। तमोगुणी मायारूप रुद्र है, सत्त्वगुणी मायारूप विष्णु और रजोगुणी मायारूप ब्रह्मा है। इन्द्रादि रजोगुण और तमोगुण दोनों से युक्त है, इनमें कोई भी सात्त्विक नहीं है, एक अघोर (शिव) सर्व साधारण स्वरूप है।

समस्त यज्ञों का कर्ता पशुपति रुद्र है। यज्ञदेव रुद्र है, विष्णु अध्वर्यु और होता इन्द्र है, महेश्वर का मानस ब्रह्मही यज्ञ का भोक्तारूप देवता है। 'हंसः सोहं हंसः' यही वह मानस ब्रह्म है। इसमें तन्मय होने के लिये करने का यज्ञ ही नादानुसंधान है। तन्मयत्व का विकार ही जीव भाव है। हंस परमात्मा स्वरूप है। हंस ही भीतर बाहर चलता है। जब भीतर जाता है अवकाश रहित स्थान में रहने वाला वही सुपर्ण पक्षी (ईश्वर) स्वरूप हंस है।

छियान्नवे तत्त्वों के तंतुओं से व्यक्त, चित् के तीन सूत्रों से चिन्मय, नव तत्त्वों को तीन गुणा किया हुआ; ब्रह्मा, विष्णु और शिव स्वरूप तीन अग्नियों से युक्त और चिद्ग्रन्थि से बंधा हुआ, अद्वैत की गांठ वाला, यज्ञ का साधारण अंगरूप बाहर भीतर प्रकाशने वाला और यज्ञ के अंगरूप (यज्ञोपवीत स्वरूप) ब्रह्म स्वरूप हंस ही है। उपवीत के लक्षण रूप सूत्र ब्रह्म के प्रति यज्ञ ले जाते हैं और ब्रह्म के अंग रूप लक्षणों से युक्त यज्ञसूत्र होता है, वही ब्रह्मसूत्र है। यज्ञसूत्र के साथ सम्बन्ध रखने वाला ब्रह्मयज्ञ उसका स्वरूप है। माया उसके अंग हैं। इस मानसिक यज्ञ का हंस यज्ञसूत्र है। ब्रह्मयज्ञ

Scanned by CamScanner

मय प्रणव ब्रह्मसूत्र है। प्रणव के भीतर रहने वाला हंस ही यह ब्रह्मसूत्र है। वही ब्रह्मयज्ञ मय मोक्ष का साधन रूप है।

ब्रह्मसंध्या की क्रिया मानसिक याग है। संध्या करना यानी मिलाना यही इस मानसिक याग का लक्षण है। यज्ञसूत्र प्रणव है। जो ब्रह्मयज्ञ क्रिया से युक्त है वह ब्राह्मण है। ब्रह्मचर्य से देव रहते हैं और यज्ञों में सूत्र रूप हंस के साथ अनुसंधान रहता है। हंस और प्रणव का अभेद है।

हंस की तीनों काल में प्रार्थना होती है तीन काल तीन वर्ण है। तीन अग्नि से करने का यह याग है। तीन अग्नि रूप आत्मा की आकृति और वर्ण वाले ॐकार रूप हंस का अनुसंधान करना अन्तर्याग है। चित् के स्वरूप के समान तन्मय होना तुरीय का स्वरूप है। आन्तर आदित्य में ज्योति स्वरूप हंस है। यज्ञांग (हंस) ही ब्रह्मप्राप्ति का उत्तम साधन है। इसलिये ब्रह्मप्राप्ति की साधना में उस प्रणव रूप हंस का अनुसंधान रूप ही ध्यान किया करते हैं।'

ब्रह्मा के पुत्र वालखिल्य ऋषि फिर स्वयंभू ब्रह्मजी से बोले, भगवन् आप सब जानते हैं; कहिये, हंससूत्र कितने होते हैं और उनका प्रमाण कितना है। भगवान् बोले, "हृदय रूप सूर्यके किरणों की संख्या बहत्तर है। चित्सूत्र रूप घ्राण से स्वर के साथ निकलने वाली प्रणव धारा बहत्तर अंगुल की होती है: बायीं बांह और कमर की दाहिनी ओर, इनके बीच में परमात्मा

हंस रहता है। यह अत्यन्त गुह्य बात अन्यत्र कहीं भी विदित नहीं है। अमृत रूप फल को पाये हुए उस प्रकाशक हंस को सर्वकाल जानते हैं। प्रणव रूप हंस का सदा ध्यान किये बिना मुक्ति नहीं होती।

रंगे हुए नौ सूत्र (स्थूल यज्ञोपवीत) को जो धारण करते हैं वे भी वह ब्रह्म है यही मानकर उपासना करते हैं। परन्तु इन मनुष्यों को अन्तरादि रूप ब्रह्म का पता नहीं है। सूर्य जगत का प्रकाश करता है ऐसा जानकर वे बुद्धिमान् मनुष्य अपनी शुद्धि के निमित्त या ज्ञान के निमत्त प्रार्थना करते हुए उसकी उपासना करते हैं। वाजपेय यज्ञ ही पशुपति है, इन्द्र देवता इसमें अध्वर्यु है अहिंसा धर्मयाग है। इसमें परमहंस अध्वर्यु और परमात्मा पशुपति देवता है। वेद और उपनिषदों में प्रतिपादित ब्रह्म ही की ये स्वाध्यायशील ब्राह्मण उपासना करते हैं।

(पशुपति रूप) महायज्ञ का ज्ञान ही अश्वमेध है। उसके बल ही से वे ब्रह्म की उपासना करते हैं। पहिले कह आये वह ब्रह्मयज्ञ की साधना ही सबके लिये मोक्ष मार्ग है।

इस पर ब्रह्मा के पुत्र वालखिल्य ऋषि बोले, हंस ऋषि का उदय हुआ' यानी ब्रह्माजी के उपदेशसे उनको आत्मज्ञान होगया। तब स्वयंभू तिरोधान होगये। वालखिल्य ने जाना कि वेद और उपनिषदों में प्रतिपादित हंस ज्योति ही रुद्र है, संसार से तारने वाला प्रणव ही पशुपति है॥ इति पूर्वकाण्ड॥

Scanned by CamScanner

सहज रूप से 'हंस हंस' इस प्रकार अखंड जाप हो यही वर्ण ब्रह्म है और ब्रह्म के प्रति पहुंचाने वाला है। यही परमात्मा है और पुरुष यही है ॥ १ ॥ स्वयं ब्रह्म तुल्य होजाय उसका स्वरूप भी क्या और उसकी कथा भी क्या ? ब्रह्म ज्ञान रूप संध्या ही में ज्ञानियों का काल जाता है। हंस और आत्मा की एकता होजाती है ऐसी अवस्था में उसके अवस्थादि रूप प्रजा किस प्रकार हो सकती है ॥ २ ॥ भीतर होने वाले प्रणव नाद से विदित होने वाला हंस ही सब ज्ञान को करने वाला है। (बाहर होने वाले ज्ञान के हेतु रूप) अन्तरानुभव स्वरूप होने से गूढ़ ऐसा वही ज्ञान नाल में विराजता है ॥ ३ ॥ वही शिव शक्ति रूप है और चैतन्य मय है और आनन्द से जाना जाता है। वह नाद बिंदु और कला तीन नेत्रों से समस्त जगत (चेतन) विचेष्टित है ॥४॥ उसके तीन अंग (शरीर) हैं तीन शिखाएं (अवस्थाएं) हैं, दो अथवा तीन मात्राओं के साथ उसकी आकृति देखने में आती है। इस प्रकार भीतर ज्ञान स्वरूप होने से गूढ़ ऐसा यह आत्मा इन्द्रियों से बाहर निकलता है ॥ ५ ॥ समस्त विश्व के सूत्र रूप ऐसे ब्रह्म को जानना चाहिये और उसको जानने के लिये विधि के अनुसार हंस रूपी सूर्य का प्रणव के साथ ध्यान भी जानना चाहिये ऐसा ज्ञानसागर में कहा है ॥ ६ ॥ इसको जानने ही से उस ज्ञानसागर को जाना जाता है।

स्वयं शिव या पशुपति ही सबका सर्व काल साक्षी है ॥ ७ ॥ और सबके मन का वही नियमन और प्रेरणा करता है। उसकी

प्रेरणा ही से मन विषय में जाता है, प्राण चेष्टा करते हैं और वाणी बोलती है ॥ ८ ॥ चक्षु रूप देखता है, कान सब सुनते हैं और अन्य सब इन्द्रियां भी उसीकी प्रेरणा से ॥ ९ ॥ अपने अपने विषय को ग्रहण कर उसमें प्रवृत्त होती हैं। इसका प्रवर्तकत्व भी माया ही से है अपने स्वभाव से नहीं है ॥ १० ॥ श्रोत्र आत्मा में अध्यस्त है और स्वयं पशुपति ही श्रोत्र में अनुप्रवेश करके श्रोत्र को श्रोत्रत्व प्राप्त कराता है ॥ ११ ॥ आत्मा में अध्यस्त मनमें परमेश्वर प्रवेश करके उसीमें रह कर उसका नियमन करते हुए उसको मनस्त्व प्रदान करते हैं ॥ १२ ॥ वही जाने हुए से और न जाने हुए से भिन्न है और अन्य कल्पित इन्द्रियों का भी वही ईश्वर ॥ १३ ॥ उनका नियमन करके उन उनके रूप देता है। इसीलिये चक्षु, वाचा, मन तथा अन्य इन्द्रियां ॥ १४ ॥ उस स्वयं प्रकाश रूप परमात्मा को नहीं प्राप्त होती। जो ब्रह्मको अंतःकरण के विषय रूप से नहीं परन्तु प्रत्यक् प्रकाश रूप अपने आत्मा ही से जानता है ॥ १५ ॥ तर्क प्रमाण के विना ही अनुभव से जानता है, वही यथार्थ रूप से ब्रह्म को जानता है।

प्रत्यगात्मा परम प्रकाश रूप है और माया महान् अन्धकार रूप है ॥ १६ ॥ ऐसा होने पर प्रत्यगात्मा में माया किस प्रकार संभव है। इसलिये तर्क और (श्रुति) प्रमाणोंसे तथा अनुभवसे निश्चय होता है कि चैतन्यघन ॥ १७ ॥ एक और अपने ही प्रकाश से प्रकाशित होने वाले, ऐसे परमात्मा में माया है ही नहीं। यह विद्या और यह अविद्या, यह दृष्टि व्यावहारिक है,

Scanned by CamScanner

पारमार्थिक नहीं है ॥ १८ ॥ तत्त्व दृष्टि से ये कुछ नहीं है, केवल एक तत्त्व ही है। व्यावहारिक दृष्टि उसी के प्रकाश से होने से ॥ १९ ॥ एक सतत यानी अखण्ड प्रकाश ही रहा, इसलिये भी अद्वैत ही है। अद्वैत है यह कहना भी उस प्रकाश के अभेद ही से है ॥ २० ॥ इस प्रकार सब उसका प्रकाशही प्रकाश है, इसलिये (बोलना भी व्यर्थ है) मौन ही शोभा देता है।

जिसको यह परमार्थ स्वयं ही प्रकाशित हुआ है ॥ २१ ॥ वह न जीव है न ब्रह्म न और कुछ है। उसको न वर्ण है न आश्रम ॥ २२ ॥ उसको न धर्म है न अधर्म, न विधि है न निषेध। जब सब कुछ उसे स्वयं ही ब्रह्म रूप से प्रकाशता है ॥ २३ ॥ तब दुःखादि भेद वाला यह आभास भी उसको नहीं दीखता। परमात्मा को जानने वाला जीवादि रूप जगत को देखते हुए भी ॥ २४ ॥ नहीं देखता, चिद्रूप ब्रह्म वस्तु ही देखता है। धर्मी और धर्म की बात भेद के रहते हुए ही पृथक् है ॥ २५ ॥ भेद, अभेद तथा भेदाभेद ये साक्षात् रूप से परमात्मा में अपने से भिन्न रूप से नहीं है, वह ही स्वयं सर्वदा वर्तमान है ॥ २६ ॥ वस्तु रूप से अथवा अवस्तु रूप से साक्षात् ब्रह्म ही विराजमान है। ऐसा होने से, ब्रह्म को जानने वाला ज्ञानी किसका ग्रहण वा त्याग करे ॥ २७ ॥ सबका अधिष्ठान, उपमा रहित, वाणी और मनका अविषय दृष्टि का अविषय, अग्राह्य, अज, रूप रहित ॥२८॥ आंख कान से रहित, तथा उनके अर्थ से पर, हाथ पैर रहित तथा नित्य विभु, सर्वत्र उपस्थित और अत्यन्त सूक्ष्म अध्ययन ॥२९॥

ऐसा यह मृत्यु रहित ब्रह्म ही है। उसके आगे और पीछे श्रेष्ठ प्रकार का ब्रह्मानन्द ही है, बांए दांए भी वही श्रेष्ठ ब्रह्मानन्द वर्तमान है ॥ ३० ॥ वह अपने में ही सबको अपने रूप से निर्भयता पूर्वक देखता है। ऐसा देखने वाला मुक्त (ज्ञानी) ही मुक्त नहीं होता परन्तु बद्ध (अज्ञानी) भी मुक्त हो जाता है ॥ ३१ ॥

इस प्रकार की यह परविद्या सत्य से, तप से तथा ब्रह्मचर्यादि धर्माचरण से वेदान्त के साधना द्वारा प्राप्त हो सकती है ॥ ३२॥ अपने शरीर में स्वयं प्रकाश रूप परब्रह्म को शुद्ध अन्तःकरण वाले देख सकते हैं, माया से मलिन अन्तःकरण वाले नहीं देख सकते ॥३३॥ जिस किसी योगी को अपने स्वरूप का इस प्रकार का अनुभव है, उस परिपूर्ण रूप वाले का कहीं भी गमन नहीं होता ॥ ३४ ॥ जैसे सर्वत्र भरा हुआ एक अखंड आकाश कहीं भी नहीं जाता, वैसे ही ब्रह्म को आत्म भाव से जानने वाला कहीं भी नहीं जाता ॥ ३५ ॥

अभक्ष्य आहार छोड़ देने से चित्त विशुद्ध हो जाता है; आहार की शुद्धि से चित्त की शुद्धि आप ही आप हो जाती है ॥ ३६ ॥ चित्त शुद्ध होने पर क्रम से ज्ञान होता है और (अज्ञान) ग्रन्थियां स्पष्टतया टूट जाती हैं। अभक्ष्य का विचार ब्रह्म ज्ञान से रहित हो ऐसे ही जीव के लिये (जरूरी) है ॥ ३७ ॥ क्योंकि यह बात प्रसिद्ध है कि जो सम्यक ज्ञानी है उनका स्वरूप अज्ञानी के समान कला वाला (भेद ज्ञान

Scanned by CamScanner

युक्त) नहीं होता। ज्ञानी यही जानता है कि खाने वाला मैं हूँ। और अन्न भी मैं ही हूँ ॥ ३८ ॥ ब्रह्म ज्ञानी अपने ज्ञान से सबको आत्म रूप ही देखता है, इसलिये ब्राह्मण और क्षत्रिय यह भाव ही उसका अन्न हो जाता है॥ ३९ ॥ मृत्यु जिसका अन्न है उसको जानने वाला भी वैसा ही होजाता है, इसलिये ब्रह्म के स्वरूप को जानने से यह सब जगत जानने वाले का भोजन बन जाता है ॥ ४० ॥ जगत सब आत्म रूप से भासता है, तब वह भोजन बन जाता है और आत्म रूपसे ब्रह्म उसका नित्य भक्षण करता है ॥ ४१ ॥ जिसके आभास रूप से भोज्य जगत बनता है वह प्रमाण रूप आत्म रूप से भासता है तब वह उससे अवश्य भक्षित ही होगया ॥ ४२ ॥ अपने स्वरूप को आप ही खाता है, भोजन का पदार्थ अपने से पृथक् नहीं है, और यदि है तो वह अस्तित्व रूप है, अस्तित्व लक्षण एक ब्रह्म ही का है ॥ ४३ ॥ सत्ता का लक्षण अस्तित्व है इसलिये सत्ता ब्रह्म से भिन्न नहीं है। ब्रह्म को छोड़कर सत्ता नहीं है इसलिये माया वस्तु रूप नहीं है ॥ ४४ ॥ आत्मनिष्ठ योगियों के लिये माया अपनी आत्मामें कल्पित है वह ब्रह्म ज्ञानसे बाधित होकर उनको साक्षी रूप से भासती है ॥ ४५ ॥ ब्रह्म का अनुभव जिसको प्राप्त हुआ है उसको प्रतीत होने वाले जगत को देखते हुए भी वह उसको अपने से पृथक् नहीं देखता ॥ ४६ ॥

॥ इति पाशुपत् ब्रह्मोपनिषत् समाप्त ॥

योग कुण्डल्युपनिषत् ।

[५०]

मन की चंचलता के दो कारण हैं; वासना और प्राण। इनमें से एक का नाश हो जाय तो दोनों ही नष्ट हो जाते हैं ॥ १ ॥ इनमें से मनुष्य प्रथम प्राण ही जय करें। (इसके लिये तीन साधन हैं) परिमित आहार, आसन और शक्ति चालन ॥ २ ॥ हे गौतम, इन सबके लक्षण कहता हूँ, उनको आदर के साथ सुन। पेट का चतुर्थांश खाली रखते हुए, घी तथा दूध से युक्त (सुस्निग्ध) और मधुर ऐसा आहार ॥ ३ ॥ शिव के प्रीत्यर्थ किया जाय, उसको मिताहार कहते हैं। आसन दो प्रकार के होते हैं पद्मासन और वज्रासन ॥ ४ ॥ दोनों जांगों के ऊपर (दूसरे) पैर के तलुवे (सीधे) रखने से सर्व पापों को दूर करने वाला पद्मासन होता है ॥ ५ ॥ वाम चरण की एड़ी लिंग और गुदा के बीच में लगा कर दक्षिण चरण की एड़ी उसके ऊपर रखे और गर्दन सिर तथा शरीर समान रखे; इसको वज्रासन कहते हैं ॥ ६ ॥ कुण्डली ही सक्ति है बुद्धिमान साधक चालन करके उसको उसके स्थान से, भ्रुकुटी मध्य तक ले जाय, इसको शक्ति चालन कहते हैं ॥ ७ ॥ इसके मुख्य दो साधन हैं, सरस्वती का चालन और प्राण निरोध। अभ्यास से कुण्डलिनी सीधी हो जाती हैं ॥ ८ ॥

Scanned by CamScanner

इनमें से प्रथम मैं तुझको सरस्वती का चालन कहता हूँ। प्राचीन कथा जानने वाले सरस्वती को अरुन्धती कहते हैं ॥ ९ ॥ जिसका संचालन करने से कुण्डलिनी आप ही आप चलने लगती है। जब इड़ा से प्राण वहता हो तब बुद्धिमान योगी भली प्रकार पद्मासन लगा कर बैठे ॥ १० ॥ फिर बारह अंगुल लम्बा और चार अंगुल चौड़ा, ऐसे आकाश से कुण्डलिनी का वेष्ठन करे ॥ ११ ॥ (पश्चात्) हाथ के अंगूठे से और तर्जनी से दाहिनी और बांई नासिका दृढ़तापूर्वक ग्रहण करके प्रथम दाहिनी और पश्चात् बांई नासिका द्वारा बार बार रेचक पूरक करते हुए उसको भावना द्वारा दाहिनी और बांई ओर चालन करे ॥ १२ ॥ बुद्धिमान योगी दो मुहूर्त पर्यन्त इस प्रकार सरस्वती का चालन करे। इससे कुण्डलिनी के समीप अवस्थित सुषुम्ना को फिर किंचत् ऊपर की तरफ खींचें ॥ १३ ॥ इससे कुण्डलिनी सुषुम्ना के मुख में प्रवेश करती है और प्राण उस स्थान को छोड़कर अपने आप सुषुम्ना में प्रवेश करता है ॥ १४ ॥ इस समय पेट को ऊपर खींच कर कण्ठ का संकोच करते हुए सरस्वती का चालन करनेसे वायु हृदय कमल से ऊपर चला जाता है ॥ १५ ॥ सरस्वती का चालन करते समय कण्ठ का संकोचन करके सूर्य से रेचन करे; इससे प्राण हृदय कमल से ऊपर चला जाता है ॥ १६ ॥ इसलिये शब्दमयी सरस्वती का नित्य संचालन करना चाहिये जिसके संचालन ही से योगी सर्व रोगों से मुक्त हो जाता है ॥१७॥

गुल्म, जलोदर, प्लीहा तथा पेट के अन्य रोग शक्ति चालन से निश्चय पूर्वक नष्ट हो जाते हैं ॥ १८ ॥

अब आगे संक्षेप से प्राण निरोध का वर्णन करता हूँ। देह में गमन करने वाले वायु को प्राण कहते हैं और वह स्थिर होता है तब उसको कुंभक कहते हैं ॥ १९ ॥ कुम्भक दो प्रकारका होता है, सहित और केवल। जब तक केवल कुम्भक सिद्ध न हो तब तक सहित कुम्भक का अभ्यास करना चाहिये ॥२०॥ सूर्य भेदन, उज्जायी, शीतली और भस्त्रिका इन चार प्राणायामों के साथ कुम्भक किया जाय उसको सहित कुम्भक कहते हैं ॥ २१ ॥

जहां कंकड़ पत्थर न हो और जिसके आस पास धनुष प्रमाण यानी कुछ दूरी तक घास अग्नि या जल न हो, ऐसे निर्जन और पवित्र स्थान में ॥ २२ ॥ न अत्यंत ऊँचा हो न नीचा, ऐसे सुखप्रद आसन पर पद्मासन से बैठ कर सरस्वती का चालन किया जाता है ॥ २३ ॥ दाहिनी नासिका से बाहर का पवन धीरे २ खींचकर जितना आसानी से बन सके पूरक करे और पश्चात् बाईं नासिका से रेचक करे ॥ २४ ॥ कपाल शोधन क्रिया में भी वायु धीरे २ बाहर छोड़ना चाहिए। इससे चार प्रकार के वात दोष और कृमि दोष नष्ट हो जाते हैं ॥ २५ ॥ इस प्रकार बार बार किया जाय, उसको सूर्य भेदन कहते हैं। मुख बंद करके दोनों नासिका द्वारा॥२६॥कंठसे लेकर हृदय पर्यन्त

Scanned by CamScanner

स्पर्श करते हुए तथा आवाज करते हुए वायु को ग्रहण करके पहिले के समान कुम्भक करके इड़ा [बाईं नासिका] से रेचक करदे ॥ २७ ॥ इससे मस्तक की गरमी गले का कफ तथा अन्य बहुत से रोग दूर होते हैं। इस पवित्र क्रिया से देह की अग्नि भी बढ़ती है ॥ २८ ॥ इससे नाड़ी जलोदर तथा धातु संबंधी रोग नष्ट हो जाते हैं। यह उज्जाई कुंभक चलते फिरते, उठते बैठते यानी हमेशा करना चाहिये ॥ २९ ॥ जीभ से वायु को खींच कर पूर्ववत् कुंभक करके पश्चात् दोनों नासिकाओं द्वारा विद्वान् योगी धीरे धीरे रेचक करे ॥ ३० ॥ इस शीतली कुंभक से गुल्म, प्लीहा, पित्त, ज्वर तथा प्यास नष्ट हो जाती है और विष भी पच जाता है ॥ ३१ ॥ पश्चात् पद्मासन बांध कर गर्दन तथा सिर समान रख कर बैठे और मुख बन्द करते हुए प्राण को नासिका से रेचन करे ॥ ३२ ॥ वायु आवाज के साथ इस प्रकार खींचे कि मस्तक में तथा कण्ठ से लेकर हृदय कमल तक स्पर्श प्रतीत हो ॥ ३३ ॥ फिर रेचक करे, और इस प्रकार वार वार पूरक तथा रेचक करे; जैसे कि लुहार की धोंकनी जल्दी जल्दी चलाई जाती है ॥ ३४ ॥ वैसे ही शरीर में रहे हुए प्राण को धीरे धीरे चलावे और जब श्रम प्रतीत होने लगे सूर्य से पूरक करने लगे ॥ ३५ ॥ जितना सुलभतापूर्वक बन सके उतना, वायु से उदर पूर्ण करके नासिका को मध्य भाग में तर्जनी छोड़ कर अन्य चार उंगलियों से दृढ़ता पूर्वक ग्रहण करे ॥ ३६ ॥ और पूर्ववत् कुम्भक करे, फिर इडा से रेचक करे। कण्ठ की जलन

को यह दूर करता है तथा शरीर की अग्नि को बढ़ाता है ॥ ३७ ॥ पुण्य को बढ़ाने वाला, पाप का नाश करने वाला, परम कल्याणप्रद और सुखदायी ऐसा यह कुंभक सुषुम्ना के मुख में रहे हुए कफादि की रुकावटें दूर करता है ॥३८॥ तीनों गुणों से उत्पन्न हुई तीनों ग्रंथियों का भेदन करता है, इसलिये इस भस्त्रा कुंभक को खास करके करना चाहिये ॥ ३९ ॥

चारों प्रकार के कुम्भक करते समय निष्पाप योगी इन तीनों बंधों को भी करें ॥ ४० ॥ प्रथम मूल बंध, द्वितीय उड्डियान और तृतीय जालंधर बंध कहलता है। इन सबके लक्षण आगे कहते हैं ॥ ४१ ॥ नीचे गति रखने वाले अपान को अपान द्वार का आकुंचन करके जो बलपूर्वक ऊर्ध्व चढ़ाता है उसको मूल बन्ध कहते हैं ॥ ४२ ॥ जब अपान ऊपर चढ़ कर वह्नि मण्डल को प्राप्त होता है तब वहां की अग्नि की ज्वाला बहुत बढ़ जाती है ॥ ४३ ॥ वहां की ज्वाला में से निकलने के कारण प्राण उष्ण होता है, वही अत्यन्त प्रदीप्त हो जाता है तब देह में ज्वलन यानी गरमी उत्पन्न होती है ॥ ४४ ॥ उससे सोई हुई कुण्डलिनी संतप्त हो जाने से जागृत हो जाती है और लकड़ी की चोट खाई हुई भुजंगी के समान फुस्कार करती हुई कुण्डलिनी सीधी हो जाती है ॥ ४५ ॥ और बिल में प्रवेश करते हुए वह ब्रह्म नाड़ी में यानी सुषुम्ना के भीतर प्रवेश करती है, इसलिये योगियों को मूल बंध सर्वदा करना चाहिये ॥ ४६ ॥ कुंभक के अन्त में और रेचक के आदि में उड्डियान बंध करना चाहिए। इसके करने से

Scanned by CamScanner

प्राण सुषुम्ना में ऊपर उड़ते हैं ॥ ४७ ॥ इसलिये इसको योगी लोग उड्डियान यानी उड़ने वाला कहते हैं। वज्रासन (सिद्धासन) लगा कर हाथ जानुओं पर जमा कर रखे ॥ ४८ ॥ (सिद्धासन में) पैर के टखने के पास कन्द होता है उसको भीतर दवाते हुए पेट को ऊपर की तरफ खींचे; यह खिचाव हृदय तथा गले में भी रहे ॥ ४९ ॥ धीरे धीरे प्राण जब पेट के संधी में प्रवेश करता है तब वह पेट के सब दोष निवृत्त करता है, इसलिये इसको हमेशा करना चाहिये ॥ ५० ॥ पूरक के अन्त में जालंधर नामक बंध किया जाता है । इस बंध में कण्ठ का संकोचन किया जाता है जिससे कि वायु का मार्ग रुकता है ॥ ५१ ॥ नीचे से मूल बन्ध द्वारा आकुंचन करे, ऊपर जालंधर बन्ध द्वारा कण्ठ का संकोच कर और बीच में उड्डियान द्वारा प्राण को ऊपर खींचे, इस प्रकार करने से प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करता है ॥ ५२ ॥

पूर्वोक्त क्रम से भली प्रकार आसन लगा कर सरस्वती का चालन करके पश्चात् प्राण का निरोध करना चाहिये ॥ ५३ ॥ प्रथम दिवस चारों कुंभक, प्रत्येक दश वार करना चाहिये। दूसरे दिन पन्दरह वार ॥ ५४ ॥ तीसरे दिन बीस बीस वार; इस प्रकार प्रति दिन पांच पांच बढ़ाते हुए, तीनों बंधों सहित कुंभकोंका अभ्यास नित्य करना चाहिए ॥ ५५ ॥ दिन में सोना, रात में जागना, अति मैथुन करना, अधिक चलना, नित्य मलमूत्र को रोकना ॥ ५६ ॥ यदि प्राणायाम करने वाला पुरुष आसन को

विषमता अथवा दुराग्रह पूर्वक प्राण का चिन्तवन (अभ्यास) करे तो इन दोषों से शीघ्र ही रोग उत्पन्न होते हैं ॥ ५७ ॥ योगाभ्यास से मुझे रोग हुआ है ऐसा कोई कहे तब योगाभ्यासका त्याग करना यह प्रथम विघ्न है ॥ ५८ ॥ संशय नामक दूसरा विघ्न है, तीसरा दोष प्रमाद है, चौथा आलस दोष, निद्रा पांचवां ॥ ५९ ॥ प्रेम न रहना छठा, भ्रान्ति सातवां, विषमता आठवां, अनाख्य नवां कहा गया है ॥ ६० ॥ और योग तत्व की अप्राप्ति दशवाँ विघ्न विद्वान् कहते हैं. बुद्धिमान योगी इन दस विघ्नों को विचार से त्याग दे ॥ ६१ ॥

उसके पश्चात् सदा सतोगुणी बुद्धि रखते हुए प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिये इससे चित्त सुषुम्ना में लीन होता है और प्राण स्थिर होता है ॥ ६२ ॥ जब योगी का मल शुष्क होजाय और प्राण चलित हो तब नीचे चलने वाले अपान को बलपूर्वक ऊपर चढ़ावे ॥ ६३ ॥ इसमें आकुंचन होने से इसको मूलबन्ध कहते हैं; अपान अग्नि के साथ ऊपर जाता है ॥ ६४ ॥ तब अग्नि प्राण स्थान को प्राप्त होता है और सत्वर प्राणापान के साथ मिलकर कुंडलाकृति सोती हुई कुण्डलिनी को प्राप्त होता है ॥६५॥ उस अग्निसे तपायमान होकर तथा अपान वायुसे प्रेरित होकर यह कुण्डलिनी अपने शरीर को सुषुम्ना के मुख में फैलाती है ॥ ६६ ॥ फिर रजोगुण से उत्पन्न ब्रह्म ग्रन्थि को भेदन करके सुषुम्ना के मुख में से वह बिजली की लकीर को तरह ऊपर चढ़ती है ॥ ६७ ॥ तेजी के साथ ऊपर चढ़ कर हृदय में स्थित

Scanned by CamScanner

विष्णु ग्रंथि को प्राप्त होती है। पश्चात् ऊपर जाकर तमोगुण से उत्पन्न हुई रुद्र गंथि को प्राप्त होती है॥ ६८॥ फिर भ्रूकुटी मध्य में होकर चन्द्र मण्डल को प्राप्त होती है। इस स्थान पर सोलह पखुरियों का अनाहत चक्र होता है॥ ६९॥ उसमें वह चंद्रामृतका पान करती है। प्राण के वेग के कारण प्रेरित होकर सूर्य रक्त पित्त का शोषण कर लेता है॥ ७०॥ जहां शुद्ध श्लेष्मा के द्रव रूप चन्द्र मण्डल होता है. वहाँ प्राप्त होने पर उसको उष्णता वहांके द्रव को ग्रस जाती है और फिर वह ठंडा किस प्रकार रहे ?॥ ७१॥ बड़े जोर से जाकर शुभ्र चन्द्र के रूप को भी गरम करती है, क्षुब्ध होकर ऊपर चढ़ती है॥ ७२॥ इस-लिये जो चित्त पहिले बाह्य विषयों में रमता था अब परम पद का अनुभव प्राप्त करके अपने ही में रह कर आनन्द भोगता है॥ ७३॥ अष्टधा प्रकृति को कुण्डलिनी प्राप्त करती है, वह शिव से मिली हुई रहती है और शिव से मिली हुई लय हो जाती हैं॥ ७४॥ इस प्रकार नीचे का रज और ऊपर का शुक्ल दोनों शिव में लीन होते है और उनके पीछे प्राण अपान भी समान होकर लीन हो जाते है क्योंकि वे समान ही उत्पन्न होते हैं॥ ७५॥ देह छोटा हो या बड़ा हो जब अग्नि बहुत बढ़ जाता है तब सब प्राण आग में रखे हुए मूषा में सुवर्ण के समान (शरीर में) फैल जाते हैं॥ ७६॥ तब अधिभौतिक देह अधि-दैविक अवतार शरीर बन जाता है, स्थूल देह आतिवाहिक सूक्ष्म देह के समान निर्मल हो जाता है॥ ७७॥ उसका मुख्य

देह जड़ताके भावसे रहित शुद्ध चित्स्वरूप होता है। अन्य जीवों के आतिवाहक देह जड़ ही होते हैं॥७८॥ उसका स्त्री से उत्पन्न होना छूट जाता है वैसे ही कालको भी वह वंचित करता है। इस प्रकार उसको अपने स्वरूप का ज्ञान उत्पन्न होता है। रज्जु में जैसे सर्प की प्रतीति होती है॥७९॥ उसी प्रकार सब मिथ्या ही उत्पन्न होते और मिथ्या ही लय को प्राप्त होते हैं, अथवा जैसे सीप में चांदी की बुद्धि अथवा स्त्री में पुरुष का भ्रम होता है उसी प्रकार की उसकी अपनी देह में मिथ्या बुद्धि होती है॥ ८०॥ पिण्ड और ब्रह्मांड की एकता होती है लिंग और सूत्रात्मा की और अपने आत्मा की चैतन्य स्वप्रकाश स्वरूप से एकता होती है॥ ८१॥ कुण्डलिनी शक्ति कमल के डंडी के समान होती है और कमल कंद के समान मूलकंदको फणाग्र से देखकर॥ ८२॥ अपने मुख में पुच्छ पकड़ते हुए ब्रह्मरंध्र को बन्द करती है। साधक पद्मासन लगाकर शान्तिपूर्वक गुदा का आकुंचन करे॥ ८३॥ फिर मनोयोग पूर्वक कुंभक करके प्राण को ऊपर चढ़ावे। वायु के आघात से स्वाधिष्ठान का अग्नि प्रदीप्त करे॥ ८४॥ अग्नि और पवन के आघात से कुण्डलिनी जागृत होती है। वह ब्रह्म ग्रंथि को भेदन करके विष्णु ग्रंथि का भेदन करती है॥ ८५॥ फिर रुद्र ग्रंथि का भेदन करती है और छः ओं कमलों का भेदन करके सहस्र दल में यह शक्ति शिव से मिलकर आनन्द का भोग करती है॥ ८६॥ यही श्रेष्ठ अवस्था है और यही मोक्ष देने वाली है।

॥ इति प्रथम अध्याय ॥

Scanned by CamScanner

अब मैं खेचरी नाम की विद्या को कहता हूँ। इसको जानने वाला इस लोक में जरा मृत्यु को नहीं प्राप्त होता ॥ १ ॥ इसलिये हे मुने, जो जरा मृत्यु से ग्रस्त हैं वे इस विद्या को जानकर, बुद्धि दृढ़ करके इसका अभ्यास करे ॥ २ ॥ जरा, मृत्यु और रोगों के नाश करने वाली इस खेचरी विद्या को इस लोक में जो ग्रंथसे, भाव से और अभ्यास द्वारा जानता है ॥ ३ ॥ ऐसे पुरुष को हे मुने, सर्व भाव से गुरु मान कर उसीका आश्रय लेना चाहिये। खेचरी विद्या दुर्लभ है और उसका अभ्यास उससे भी दुर्लभ है ॥ ४ ॥ अभ्यास और मेलन (योग) दोनों एक साथ करने से सिद्धि नहीं होती और केवल अभ्यास में लगे रहने वालों को मेलन (योग) की प्राप्ति नहीं होती ॥ ५ ॥ हे ब्रह्मन्, अभ्यास तो कभी जन्मान्तर में भी मिल सकता है परन्तु मेलन (योग) सौ जन्मों में भी नहीं मिलता ॥ ६ ॥ बहुत जन्मों तक अभ्यास करके कोई योगी अनेक जन्मों के पश्चात् मेलन को प्राप्त करता है ॥ ७ ॥ जब योगी गुरु मुख से मेलन मंत्र को प्राप्त करता है तब वह शास्त्र में कही हुई सिद्धि को प्राप्त करता है ॥ ८ ॥ ग्रंथ से और उसके अर्थ से जब मेलन प्राप्त करता है तब संसार से निर्मुक्त होकर वह शिव रूप बन जाता है ॥ ९ ॥ शास्त्र के बिना गुरु भी इसका बोध नहीं करा सकता, इसलिये इस शास्त्र का मिलना भी, हे मुने, अत्यन्त कठिन है ॥ १० ॥ जब तक इस शास्त्र की प्राप्ति न हो वहां तक यति पृथ्वी पर पर्यटन किया करे और जब इस शास्त्र की प्राप्ति होजाय तब सिद्धि हाथ में हो

है ॥ ११ ॥ शास्त्र के बिना तीनों लोकों में सिद्धि देखने में नहीं आती इसलिये मेलन देने वाला शास्त्र देने वाला ॥ १२ ॥ और अभ्यास देने वाला ऐसा गुरु अच्युत रूप शिव ही है ऐसा मान कर उसका आश्रय करना चाहिये। इस शास्त्र को प्राप्त करके और किसी को प्रकट नहीं करना चाहिये ॥ १३ ॥ इसलिए जो कोई इसे जानता है वह यत्न से इसको गुप्त रखे। हे ब्रह्मा, जहां इस दिव्य योग का देने वाला गुरु रहता हो ॥ १४ ॥ वहां जाकर उसके मुख से इस खेचरी विद्या का ग्रहण करके उसके कथन के अनुसार सावधान पूर्वक अभ्यास करने में लग जाय ॥ १५ ॥ इस विद्या से योगीको खेचरी की सिद्धि होती है, खेचरी में खेचरी का खेचरी के बीज सहित योग करने से ॥ १६ ॥ देवताओं का अधिपति बनकर देवताओं में ही सदा रहता है। खेचर शब्द का द्योतक 'ह' कार है, आवसथ यानी धारणा शक्ति का दीर्घ 'ई' कार, अग्नि का बीज 'र' कार और जल का 'म' कार है (इन सबको मिलाने से 'ह्रीं' होजाता है) ॥ १७ ॥ यही खेचरी बीज है और इसीसे खेचरी सिद्ध होती है। सोमांश 'सकार' है, उसका प्रतिलोम से नवां अक्षर 'भ्र' को लिखे ॥ १८ ॥ पश्चात् तीसरा अक्षर चन्द्र का बीज अर्थात् 'स' है, फिर हे मुने, प्रतिलोम से आठवां अक्षर यानी 'म्' का ग्रहण करना चाहिये, ॥ १९ ॥ पश्चात् 'म' कार से उलटी गिनती से पांचवां वर्ण 'प्' चन्द्र बीज 'स' और अनेक वर्ण वाला 'क्ष' अन्तिम अक्षर है (बीज मन्त्र के प्रत्येक वर्ण में अनुस्वार सम्मिलित करना पड़ता है इसलिये

ह्रीं भं सं मं पं सं क्षं

Scanned by CamScanner

इन सबमें अनुस्वार का योग देकर "ह्रीं भं सं मं पं सं क्षं" यह खेचरी मन्त्र दिये हुए पहेली के अनुसार सिद्ध होता है) ॥ २० ॥ यह सब सिद्धियाँ देने वाला मन्त्र गुरु के उपदेश ही से प्राप्त होता है । जो इसका बारह बार नित्य जाप करता है उसे स्वप्न में भी अंतःकरणमें रहने वाली देह सम्बन्धी मायाकी प्राप्ति नहीं होती । जो इसका ध्यान देकर पांच लाख जाप करेगा ॥ २१-२२ ॥ उसको खेचरी आप ही सिद्ध हो जाती है, उसके सब विघ्न दूर होते हैं और सब देवता उस पर प्रसन्न रहते हैं ॥२३॥ उसके शरीर पर झुर्रियां पड़ी हुई दूर होती है, इसमें संदेह नहीं है। इस प्रकार यह महा विद्या प्राप्त करने के पश्चात् इसको अन्य से अभ्यास करावे ॥ २४ ॥ अन्यथा, हे ब्रह्मन् खेचरी के साधन में कष्ट ही होते हैं, सिद्धि नहीं प्राप्त होती। जब विधि पूर्वक अभ्यास करने पर भी इस अमृतमयी विद्या का लाभ न हो ॥२५॥

तब संमेलक आदि से इस विद्या को प्राप्त करके इसका सदा जाप करे। हे ब्रह्मन्, बिना संमेलक गुरु के इसका जाप न करे क्योंकि ऐसा करने से किंचित भी सिद्धि नहीं होगी. ॥ २६ ।, जब इस शास्त्र की प्राप्ति हो जाय तभी इस विद्या का सेवन करना चाहिए। इस प्रकार करने से शास्त्र में लिखे अनुसार फल की योगी को त्वरित प्राप्ति होगी ॥ २७ ॥ योगी सात दिन तक अपने गुरु के आदेशानुसार तालु मूल का घर्षण आदि करके वहाँ के सब मल को दूर करे ॥ २८ ॥ पश्चात् स्नुही (थुहर) पत्र के समान अच्छा तीक्ष्ण शुद्ध और स्निग्ध ऐसा

शस्त्र ग्रहण करके उससे एक रोम के बराबर छेदन करे ॥ २९ ॥ फिर सेंधव और हर्र का चूर्ण वहां लगावे, फिर सातवें दिन एक रोम के समान छेदन करे ॥ ३० ॥ इस क्रम से नित्य उद्योग करके छः मास तक छेदन करे तो छः मास से पश्चात् जीभ के मूल की शिरा का बन्धन नष्ट हो जायगा ॥ ३१ ॥ पश्चात् जीभ के अग्रभाग को वस्त्र से बांधकर नियमित रूप से उसको धीरे धीरे खींचता रहे ॥ ३२ ॥ इस प्रकार से छः मास तक नित्य दोहन करने से जीभ भ्रूमध्य तक जाती है और पार्श्व में कर्ण विवर तक पहुँचती है ॥ ३३ ॥ वैसे ही नीचे की ठोड़ी के मूल तक पहुँचती है । क्रम पूर्वक अभ्यास करने से तीसरे वर्ष में ॥ ३४ ॥ जीभ ऊपर केश के अन्त तक जाती है और बाजू पे कंधों तक पहुँचती है नीचे को कण्ठ कूप तक जाती है। फिर तीन वर्ष के बाद ॥ ३५ ॥ जीभ ब्रह्मरंध्र को ढांप कर रहेगी इसमें तनिक भी संशय नहीं है, और पार्श्व में जीभ गर्दन के पीछे तक जायगी और नीचे कंठ के अन्त तक पहुँच जायगी॥३६॥ इस प्रकार क्रमपूर्वक अनुष्ठान करने से जीभ मस्तक में ब्रह्मरंध्र को भेद कर जाती है ।

जिस अति दुर्लभ विद्या का पहिले बीज के साथ कथन किया है ॥ ३७ ॥ उसका उसके छओं भिन्न २ अक्षरों से षड़ंगन्यास करने चाहिये तथा संपूर्ण सिद्धि लाभ करने के लिये उससे करन्यास भी करने चाहिये ॥ ३८ ॥ इस प्रकार धीरे धीरे अभ्यास करना चाहिये, शीघ्रता नहीं करनी चाहिये ।

Scanned by CamScanner

शीघ्रता करने से शरीर की हानि होगी ॥ ३६ ॥ इसलिये, हे मुनि श्रेष्ठ, अभ्यास धीरे धीरे ही करना चाहिये। अब बाहर के मार्ग से जीव ब्रह्म बिवर के भीतर जायगी ॥ ४० ॥ तब देवताओं को दुर्लभ ऐसे ब्रह्मार्गल (पद जीव) को उँगली से उठाकर जीव को ब्रह्म बिवर में प्रविष्ट करादे ॥ ४१ ॥ इस प्रकार तीन वर्ष तक अभ्यास करने से जीव ब्रह्म द्वार में प्रवेश करती है। जीव ब्रह्म द्वार में प्रवेश करे तब ठीक ठीक मथन का प्रारम्भ करना चाहिये ॥ ४२ ॥ कोई विद्वान् मथन न करते हुए ही खेचरी साधते हैं। जिनका खेचरी मंत्र सिद्ध हुआ है वे बिना मथन ही खेचरी कर लेते हैं ॥ ४३ ॥ जप और मथन दोनों का प्रयोग करने से फल अधिक शीघ्र मिलता है। सोने की सूये को अथवा लोहे की एक सलाई में दुग्ध युक्त तन्तु लगाकर ॥ ४४ ॥ उसको नासिका में प्रविष्ट करे फिर सुखासन में बैठकर अपने हृदय में प्राण का निरोध करके ॥ ४५ ॥ और आंखें भ्रूमध्य में लगाकर धीरे धीरे मथन किया करे। छः मास में मथनावस्था भाव में गोचर होती है ॥ ४६ ॥ जिस प्रकार बालकों की सुषुप्ति अवस्था होती है, जैसा उसका भाव होता है वैसा ही इसका भाव होता है।

मथन हमेशा नहीं करना चाहिये मास में एक बार करना चाहिये ॥ ४७ ॥ योगी बार बार जिह्वा को ब्रह्मरंध्र में प्रवेश न करावे। इस प्रकार अभ्यास करने से बारह वर्ष में अवश्य सिद्धि होगी ॥ ४८ ॥ तब योगी अपने शरीर में समस्त विश्व को

देखता है; क्योंकि जीव को ब्रह्मरंध्र से ऊपर जाने के मार्ग में ही समस्त ब्रह्माण्ड अवस्थित है ॥ ४९ ॥

॥ इति द्वितीय अध्याय ॥

मेलन मन्त्र यह है :—ह्रीं भं सं मं पं सं शम् ।

ब्रह्मा बोले, हे शंकर, अमावास्या प्रतिपदा तथा पौर्णमासी का वास्तविक भावार्थ क्या है सो कहिये ॥ १ ॥ प्रतिपदा का अर्थ सूर्य है अमावास्या का अर्थ सूर्य चन्द्र का अभाव और पौर्णमासी का अर्थ चन्द्र मण्डल है अर्थात् इस क्रमसे चन्द्र मण्डलमें स्थिर रहना चाहिये; इसके अतिरिक्त और कोई उपाय ही नहीं है ॥ २ ॥ कामना के कारण विषय की इच्छा मनुष्य करता है और विषयों द्वारा कामना में फंस जाता है; इसलिये कामना और विषय दोनों का त्याग करके निरंजन आत्मा ही का आश्रय करना चाहिये ॥ ३ ॥ यदि मनुष्य अपना हित चाहता हो तो आत्मा से भिन्न सब पदार्थों का त्याग करना चाहिये तथा मनको शक्ति में प्रविष्ट कर शक्ति में ही उसको रखना चाहिये ॥ ४ ॥ मन से मन को देखकर उसका त्याग करना ही परम पद है। मन ही उत्पत्ति स्थिति का कारण रूप विन्दु है ॥ ५ ॥ जैसे दूध से घी निकलता है; वैसे ही मनसे विन्दु उत्पन्न होता है। उसमें बंधन नहीं है बंधन का कारण तो मन ही है ॥ ६ ॥ चन्द्र और सूर्य के बीच में शक्ति का रहना ही बंधन रूप है, इसलिये सुषुम्ना को जानकर उसका भेद करके उसमें प्राण को चलाना

Scanned by CamScanner

चाहिये ॥ ७ ॥ प्राण को बिन्दु में स्थिर करके घ्राणरंध्रों का निरोध करना चाहिये। इस प्रकार प्राण विन्दु सत्त्व (मन) और प्रकृति (शक्ति) का वर्णन हुआ ॥ ८ ॥ इनको तथा षट् चक्रों को जानकर सुखस्वरूप स्थानमें प्रवेश करना चाहिये मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर तीसरा ॥ ९ ॥ अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा ये छः चक्र हैं। मूलाधार गुदा के स्थान में, स्वाधिष्ठान लिंग के स्थान में ॥ १० ॥ मणिपूर नाभि के देशमें, हृदय स्थान में अनाहत, कण्ठ मूल में विशुद्धि चक्र और मस्तक में आज्ञा चक्र होता है ॥ ११ ॥ छओं चक्रों का ज्ञान करके मुख रूप सहस्रार में प्रवेश करे। प्राण को ऊपर खींचकर कुण्डलिनी के साथ उसको ऊपर स्थिर रखे ॥ १२ ॥ इस प्रकार प्राण का अभ्यास करता है वह ब्रह्माण्डमय होजाता है। प्राण, बिन्दु, चक्र और मन का अभ्यास करके ॥ १३ ॥ एक रूपता को समाधि प्राप्त करके योगी लोग अमृत रूप परमपद को प्राप्त होते हैं।

जिस प्रकार काष्ठ में रहा हुआ अग्नि बिना मंथन प्रकट नहीं होता ॥ १४ ॥ इसी प्रकार विना अभ्यास योग के ज्ञान दीप प्रकट नहीं होता। जिस प्रकार घट में स्थित दीप बाहर प्रकाश नहीं देता ॥ १५ ॥ परन्तु घट का भेदन करने से दीप की ज्वाला प्रकाशती है। उसी प्रकार अपना शरीर ही घट है और परमपद ही दीप है ॥ १६ ॥ और गुरु के वचन से उसका भेद हो जाने से ब्रह्म ज्ञान प्रकट हो जाता है। साधक लोग गुरु को कर्णधार

करके आसानी से भवसागर को तैर जाते हैं ॥ १७ ॥ अभ्यास और वासना के वल से वे भवसागर को तैर जाते हैं। वाणी परा में अंकुरित होती है पश्यंति में द्विदली भूत होती है यानी अधिक स्फुट होती है ॥ १८ ॥ मध्यमा में उसको कली आती है और वैखरी में वह स्फुट रूप से प्रकट होती है। वाणी पहिले जिस रूप से उदय होती है उसी के उलटे क्रम से वह विलीन होजाती है ॥ १९ ॥ इस वाणी का परमदेव वाणी का बोध कराने वाला कूटस्थ है, वही मैं हूं, ऐसा निश्चय करके जो पुरुष वर्तता है २० ॥ उसको अच्छा बुरा शब्द कैसे भी कोई कहे वह लेपायमान नहीं होता। विश्व, तैजस और प्राज्ञ ये तीन पिण्ड के ॥ २१ ॥ तथा विराट् हिरण्यगर्भ और ईश्वर ये तीन ब्रह्मांड के हैं ये तथा भू आदि लोक क्रम से ॥ २२ ॥ अपनी अपनी उपाधि के लय द्वारा प्रत्यगात्मा में लीन हो जाते हैं। ज्ञानाग्नि से तप्त होने के कारण ब्रह्मांड अपने कारणों के साथ विलीन होजाता है ॥ २३ ॥ वह परमात्मा में लीन होकर परब्रह्म रूप ही होजाता है। इसके बाद एक अगाध, गंभीर और जो न प्रकाश है न अंधकार ऐसा ॥ २४ ॥ जिसका वर्णन नहीं हो सके ऐसा, अव्यक्त एक सत् स्वरूप शेष रहता है। जैसे घड़े के भीतर दीपक हो ऐसे अपने अंतर में ॥ २५ ॥ अंगूठे के समान निर्धूम ज्योति रूप से वह अपने अन्तःकरण को प्रकाश करता है इस प्रकार उस अव्यय कूटस्थ का ध्यान करना चाहिये ॥ २६ ॥ विज्ञान स्वरूप आत्मा देह में जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति द्वारा माया से विमोहित होजाता है वह अनेक

Scanned by CamScanner

जन्मों के पश्चात् फिर ॥ २७ ॥ शुभ कर्मों का उदय होता है तब अपने विकारों को जानने की इच्छा करता है कि मैं कौन हूँ यह संसार रूप दोष कहां से आया ॥ २८ ॥ अपने मिथ्या स्वरूप से सोचता है कि जाग्रत् और स्वप्न में तो मैं व्यवहार करता हूँ परन्तु सुषुप्ति में मेरी क्या गति होती है ॥ २९ ॥ जैसे रूई का पिण्डा अग्नि से जल जाता है वैसे चिदाभास अज्ञान के कारण जगत् के ताप से दग्ध होता है ॥ ३० ॥

इस प्रकार ज्ञान के नष्ट होने पर हृदय में रहा हुआ प्रत्यगात्मा विस्तार को प्राप्त होकर विज्ञान का भी क्षण मात्र में नाश करता है ॥ ३१ ॥ क्रमशः मनोमय और विज्ञानमय दोनों को भली प्रकार दग्ध कर शाश्वत के लिये, घट में दीप जलता रहता है वैसे ही अंतर में ही प्रकाशता रहता है ॥ ३२ ॥ इस आत्माका जो मुनि मृत्यु के समय पर्यन्त, प्रतिदिन सोने तक ध्यान करता है उसको जीवन्मुक्त ही समझना चाहिये; ऐसा पुरुष धन्य है और कृतकृत्य हुआ है ॥ ३३ ॥ जब इसका देह काल के वश होजाता है तब यह जीवन्मुक्ति का पद छोड़ कर जिस प्रकार हवा का चलना बन्द होजाता है उसी प्रकार वह विदेहत्व को प्राप्त होता है ॥ ३४ ॥ जो शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध रहित नित्य और अव्यय है; जिसको आदि अन्त नहीं है, जो महान् परम और ध्रुव है वही अन्त में शुद्ध और विकार रहित ब्रह्म शेष रहता है ॥३५॥

॥ इति योग कुण्डल्युपनिषत् समाप्त ॥

नारद परिव्राजकोपनिषत्

[५१]

एक समय परिव्राजक के वस्त्र धारण किये हुए नारद जी तीनों लोकों में विचर रहे थे। अपूर्व पुण्य स्थल तथा पुण्य तीर्थों का दर्शन करते हुए वे और तीर्थों को पावन करते जा रहे थे। तीर्थों के दर्शन से उनको चित्त शुद्धि लाभ हुई और वे निर्वैर और शान्त हुए। इन्द्रियों को वश में करके उन्होंने सब प्रकार से वैराग्य धारण किया और वे स्वरूप के अनुसंधान में रहने लगे। (चलते चलते) वे नियम से रहने ही में विशेष आनन्द मानने वाले मुनियों से भरे हुए नैमिषारण्य में आ पहुँचे। चल और अचल भगवद्भक्ति से युक्त, प्रपंच से विमुख करके वैराग्य का बोध कराने वाली हरि कथाओं का **स रि ग म प ध नि स** इन स्वरों के सहित मधुर गायन करके, मनुष्य, पशु, किंपुरुष, देव, किन्नर और अप्सरा गण को मोहित करते हुए ब्रह्माजी के पुत्र भगवद्भक्त नारदजी को आते हुए देखकर, नैमिषारण्य के शौनकादि ऋषियों ने—जो सत्र याग में बारह संवत्सर उपस्थित थे, वेदाध्ययन संपन्न, सर्वज्ञ, तपोनिष्ठ और ज्ञान वैराग्य से युक्त थे—नारदजी को उत्थान दिया, नमस्कार किया और यथोचित आतिथ्य करके उनको आसन देने के पश्चात् सब ऋषि उनके आस पास बैठ गये।

Scanned by CamScanner

ऋषि बोले, 'भगवन् हमको मोक्ष के लिये किस प्रकार साधन करना चाहिये, कृपा करके उसका उपदेश दीजिये !'

नारदजी बोले, 'उत्तम कुल में उत्पन्न हुआ द्विज शास्त्रोक्त विधि से उपनयन होने के पश्चात्, चवालीस संस्कारों से युक्त होकर किसी योग्य गुरु के पास जावे और अपनी शाखा के अध्ययन सहित सब विद्याओं का अभ्यास करके बारह वर्ष गुरु शुश्रुषा पूर्वक ब्रह्मचर्य का पालन करे और पच्चीस वर्ष गृहस्थ धर्म और वानप्रस्थ धर्म का विधि सहित पालन करे। चार प्रकार का ब्रह्मचर्य, छः प्रकार गृहस्थ धर्म और चार प्रकार का वानप्रस्थ धर्म भली प्रकार समझ ले और उनके अनुसार सब कर्म यथा विधि करने के पश्चात्, साधन चतुष्टय संपन्न होकर, मन, वचन कर्म से जिस प्रकार सब संसार की आशा वह छोड़ देता है; इसी प्रकार उसकी वासना तथा तीनों ईषणाओं का भी त्याग करके, निर्वैर शान्त और इन्द्रियों को वश में किये हुए परमहंस संन्यास आश्रम का ग्रहण करके अस्खलित आत्मस्वरूप के ध्यान में रहते हुए, जो पुरुष देह त्याग करता है वह मुक्त हो जाता है; निःसंदेह वह मुक्त हो जाता है' ॥ इति प्रथम उपदेश ॥

शौनकादिक ऋषियों ने भगवान् नारदजी से कहा, "भगवन् संन्यास की विधि हमको सुनाइये।" उनकी ओर देखते हुए नारदजी बोले, "संन्यास का स्वरूप ब्रह्माजी से जानना ही उचित है।" इतना कहकर, सत्र याग पूर्ण होने के पश्चात् सब ऋषियों

समेत नारदजी सत्यलोक को चले गये। ब्रह्म ध्यान में निमग्न ऐसे ब्रह्माजी को नमस्कार करके तथा उनका स्तवन करके नारदादि सब ऋषि उनकी आज्ञा से यथोचित स्थान पर बैठ गये। पश्चात् नारदजी पितामह से बोले, "हे पितामह आप गुरु हो, पिता हो, सब विद्याओं का रहस्य आप ही जानते हो, आप ही सर्वज्ञ हो, इसलिये मेरी ओर से मेरी इच्छा के अनुसार एक गुह्य बात आपको कहनी होगी। आपके विना मेरे अभिमत रहस्य को और कौन बता सकता है? यदि आप पूछिये कि वह क्या है तो निवेदन है कि परिव्राजक धर्म का स्वरूप हमको बता दीजिये।"

ब्रह्माजी ने चारों ओर बैठे हुए सब ऋषियोंको एक वार देखा और एक मुहूर्त पर्यंत समाधि में स्थित रह कर संसार दुःख को नष्ट करने का उपाय ऋषि चाहते हैं ऐसा निश्चय होने पर नारद की ओर देखकर ब्रह्माजी बोले, "हे पुत्र, यह रहस्य पहिले विशालाकृति विराट् पुरुष ने पुरुष सूक्त उपनिषत् द्वारा बताया था; वही आज तुझे विस्तार से सुनाता हूँ। वह बहुत ही गूढ़ है इसलिये, हे नारद ध्यान देकर सुनो। अच्छे कुल में उत्पन्न हुआ, पुरुष माता पिता की आज्ञा में रह कर विधि पूर्वक उपनयन संस्कार होने के पश्चात् पिता से आज्ञा लेकर उत्तम संप्रदाय वाले किसी सद्गुरु के पास चला जाय। गुरु अच्छे कुल में उत्पन्न हुआ, श्रद्धावान् श्रोत्रिय, शास्त्र में प्रेम रखने वाला, गुणवान् और सीधा होना चाहिये। ऐसे गुरु के यहां जाकर, नमस्कार करके,

Scanned by CamScanner

यथायोग्य शुश्रूषा करनेके पश्चात् उनसे अपनी इच्छा प्रगट करे। बारह वर्ष पर्यंत उनकी सेवा करते हुये सब विद्या पढ़े। पश्चात् उनकी आज्ञा लेकर अपने कुल के योग्य और अपने को प्रिय हो, ऐसी कन्या के साथ विवाह करके पच्चीस वर्ष का गुरुकुल वास समाप्त करके गुरु की आज्ञा से यथोचित गृहस्थ के कर्म करने लग जाय। ब्राह्मणत्व को प्राप्त करके अपने वंश की वृद्धि के निमित्त एक पुत्र को उत्पन्न करे और इस प्रकार गृहस्थाश्रम के पच्चीस वर्ष पूरे करे। पश्चात् पच्चीस वर्ष पर्यंत वन में रहकर तीन वार केवल स्नान करके चतुर्थ वार आहार ग्रहण करे और पूर्व के अनुसार ग्राम और नगर में न जाते हुए वन में अकेला जा रहे। फल की इच्छा का परित्याग करके उस आश्रम के उचित ऐसे कर्मों को कर चुकने पर दृष्ट और आनुश्रविक (परलोक में प्राप्त होने वाले) विषयों से उपराम को प्राप्त हो, चवालीस संस्कारों से युक्त हुआ सर्व प्रकार से विरक्त होजाय इस प्रकार चित्त की शुद्धि लाभ करके आशा, असूया, ईर्षा और अहंकार इनको दग्ध करके और साधन चतुष्टय संपन्न होकर संन्यास ग्रहण करे, यह उपनिषत् है॥ इति द्वितीयोपदेश॥

नारदजी ने पितामह से कहा, 'भगवन्, किस लक्षण से संन्यास का अधिकारी पहिचानना चाहिये ?' ब्रह्माजी बोले, प्रथम संन्यास के अधिकारी के लक्षण कहता हूँ पश्चात् संन्यास की विधि कहूँगा। ध्यान देकर सुनो।

नपुंसक, पतित, अंगहीन, स्त्रैण, (स्त्रीत्व से प्रीति रखने वाला) वधिर, बालक, मूक, पाखण्डी, चक्र (का चिह्न) धारण करने वाला, लिंग धारण करने वाला, शैव चिह्न धारण करने वाला, वेतन लेकर पढ़ाने वाला, गंजा और अग्नि होत्र न किया हो ऐसा पुरुष—ये सब वैराग्य युक्त होने पर भी संन्यास के अधिकारी नहीं हैं। यद्यपि इन्होंने संन्यास ग्रहण भी किया हो, तो ये महावाक्य के उपदेश के अधिकारी नहीं हैं। पूर्वोक्त संन्यासी ही परमहंस का अधिकारी होता है। (स्मृति में कहा है कि)—

अपने से दूसरे को और दूसरे से अपने को भयकी संभावना नहीं रखता वही परिव्राजक कहा जाता है॥ १॥ नपुंसक, अङ्गहीन, अंधा, बालक, पापी, पतित, परद्वारी, वैखानस (जङ्गली), शिव चिह्न धारण करने वाला॥२॥ चक्र या लिंग धारण करने वाला, पाखण्डी, गंजा, अग्निहोत्र न किया हो ऐसा या दो तीन वार संन्यास ले चुका हो वह और वेतन लेकर पढ़ाने वाला, ये सब—क्रम संन्यास नहीं ले सकते; आतुर संन्यास ले सकते हैं॥ ३॥

आतुर काल आपको कौनसा संमत है ?

प्राण निकलने के समीप का समय हो आतुर काल कहा जाता है, अन्य नहीं। आतुर काल मुक्ति मार्ग में प्रवृत्त कराता है॥ ४॥ आतुर संन्यासमें भी यथा विधि मंत्र पठन तथा मंत्रा-

Scanned by CamScanner

वृत्ति (जप) करके, बुद्धिमान पुरुष को चाहिये, कि वह विधियुक्त संन्यास धारण करे ॥ ५ ॥ आतुर संन्यास में क्या और क्रम संन्यास में क्या, प्रेष भेद नहीं होता; क्योंकि मंत्र रहित कर्म नहीं होता। कर्म मंत्र की अपेक्षा रखते हैं ॥ ६ ॥ मन्त्र रहित कर्म व्यर्थ हो जाता है, इसलिये मन्त्र का त्याग नहीं करना चाहिये। मन्त्र रहित कर्म वैसा ही है जैसा भस्म में आहुति देना ॥ ७ ॥ विधि युक्त कर्मों का संक्षेप होने ही से इसको आतुर संन्यास कहते हैं, इसलिये हे मुने आतुर संन्यास में मन्त्रों का उपयोग अवश्य करना चाहिये ॥ ८ ॥ यदि कोई प्रथम अग्नि होत्र करता हो, परन्तु पश्चात् विरक्त होकर देश छोड़कर चला गया हो, तो उसको जल में प्राजापत्य इष्टि करके संन्यास धारण करना चाहिये ॥ ९ ॥ यह कर्म चाहे मानसिक किया जाय या विधि अनुसार जल में किया जाय या वेद में जिस प्रकार इस कर्म का अनुष्ठान बताया है उसके अनुसार किया जाय ॥ १० ॥ इसको समाप्त करके ही विद्वान् संन्यास धारण करे, ऐसा न करे तो उसका पतन हो जायगा ॥ ११ ॥ जब मन में सब वस्तुओं के लियें वैराग्य उत्पन्न होजाय तब ही संन्यास की इच्छा करना योग्य है, अन्यथा संन्यास की इच्छा करने से वह पतित हो जायगा ॥ १२ ॥ इसलिये बुद्धिमान विरक्त ही को संन्यास में प्रवृत्त होना चाहिये और जो राग वाला हो उसके लिये घर ही अच्छा है जो अधम द्विज राग के होते हुए संन्यास धारण करता है, वह नरक को प्राप्त होता है ॥ १३ ॥ जिसको

जीभ, उपस्थ, पेट और हाथ अपने वश में हों ब्रह्मचर्यवान् वह ब्राह्मण विवाह करने के पूर्व ही संन्यास धारण करे ॥ १४ ॥ संसार को विवेक दृष्टि से निःसार देखता है तब वह उत्तम श्रेणी के वैराग्य से युक्त पुरुष विवाह न करते हुए ही संन्यास ग्रहण करता है ॥ १५ ॥ कर्म का लक्षण प्रवृत्ति है यानी कर्म से प्रवृत्ति बढ़ती है और ज्ञान में उसका लक्षण संन्यास है इस-लिए ज्ञान (विवेक) होने के पश्चात् ही बुद्धिमान संन्यास ग्रहण करे ॥ १६ ॥

जब सनातन ब्रह्मरूप परम तत्त्व का ज्ञान होजाय, तब एक दण्ड धारण करके यज्ञोपवीत और शिखा का त्याग करना चाहिये ॥ १७ ॥ वही भिक्षा का अन्न भोजन कर सकता है जो परमात्मा में प्रेम रखता हो, संसार के पदार्थों में वैराग्य रखता हो और सब प्रकार की कामनाओं से रहित हो ॥१८॥ नमस्कार करने से अथवा पूजा करने से जैसी प्रसन्नता होती है यदि मार पड़ने पर भी जिसको वैसी ही प्रसन्नता होती हो; तभी वह सच्चा भिक्षान्न का भागी होता है ॥ १९ ॥ वासुदेव नामक अद्वय और अक्षर ब्रह्म मैं ही हूँ, यह भाव जिसका दृढ़ हो जाता है वही सच्चा भिक्षान्न का भोगी है ॥ २० ॥ जिस पुरुष में शान्ति, शम, शौच, सत्य, संतोष और आर्जव (सीधापन) हो, जो अपने पास कुछ भी न रखता हो और जिसमें दम्भ (मक्कारी) भी न हो, वही पुरुष कैवल्याश्रम में अर्थात् सन्यास आश्रम में रहे ॥२१॥ जो मन, वचन या कर्म द्वारा किसी भूत

Scanned by CamScanner

प्राणी के प्रति पाप की भावना नहीं करता वही सच्चा भिक्षान्न भोगी होता है ॥२२॥ सावधानता पूर्वक दस लक्षण वाले, धर्म का अनुष्ठान करता हुआ और यथा विधि वेदान्त का श्रवण करता हुआ द्विज सब ऋणों से मुक्त होने के पश्चात् संन्यास ग्रहण करे ॥ २३ ॥ धृति, क्षमा, दम, अस्तेय (चोरी न करना), शौच, इन्द्रिय वश में रखना, (विवेक) से काम करना, विद्या, सत्य और क्रोध न करना—यह दस धर्म के लक्षण हैं ॥ २४ ॥ प्रथम भोगे हुए भोगों का तथा प्राप्त होने वाले भोगों का जो स्मरण न करे और प्राप्त भोगों में जो सुख न माने, वही पुरुष संन्यास आश्रम में रहे ॥ २५ ॥ जो भीतर की इन्द्रियां भीतर और बाहर के विषय बाहर सदा रख सके, वही संन्यास आश्रम में रहे ॥ २६ ॥ प्राण निकल जाने पर प्रकार देह को सुख दुःख नहीं होते वैसे ही प्राण के होते हुए जिसको सुख दुःख न हो वही संन्यास के योग्य है ॥ २७ ॥ दो लंगोटियां, एक गुदड़ी और एक दण्ड इतना ही सामान परमहंस संन्यासी को अपने पास रखना चाहिये अधिक नहीं ॥ २८ ॥ राग के कारण यदि परमहंस संन्यासी अधिक परिग्रह करे, तो वह रौरव नरक को प्राप्त होकर, पशु आदि की तिर्यक योनि में जन्म लेता है ॥ २९ ॥ संन्यासी पुराने फटे हुए निर्मल वस्त्रों को जोड़ २ कर कन्था बनावे और उसका बाहरी परत गेरुआ करले ॥ ३० ॥ वह या तो एक ही वस्त्र धारण करे या एक भी वस्त्र न रखे और नीचे दृष्टि रखते हुए वासना रहित होकर नित्य अकेला ही विचरण

करे और वर्षाकाल में मात्र एक स्थान पर निवास करे ॥ ३१ ॥ पुत्र दारादि परिवार तथा वेदांग, यज्ञ और यज्ञोपवीत इन सबका त्याग करके, यति एकांत में अकेला विचरण करे ॥ ३२ ॥ काम, क्रोध, घमंड, लोभ इत्यादि दोषों का परित्याग करके परिव्राजक ममता रहित हो जाय ॥ ३३ ॥ राग द्वेष को छोड़कर मुनि मिट्टी का ढेला, पत्थर तथा सुवर्ण को समान देखे और किसी प्राणी की हिंसा न करते हुए निस्पृह हो रहे ॥ ३४ ॥ दम्भ [मक्कारी] अहंकार, हिंसा और पैशुन्य [दुराचार] को छोड़ कर और आत्म ज्ञान से युक्त होकर यति मोक्ष का लाभ करे ॥ ३५ ॥ इन्द्रियों को साथ देने से अवश्य दोष की ही प्राप्ति होती है, परन्तु यदि उनको वश में रखा जाय तो उससे अवश्य सिद्धि का लाभ होता है ॥ ३६ ॥ भोग की इच्छा भोगों के भोगने से कभी शान्त नहीं होती; परन्तु घी डालने से जैसी आग भभकती जाती है वैसे वह भी बढ़ती ही जाती है ॥ ३७ ॥

विषयों को सुनकर, स्पर्शकर, चख कर, देखकर या सूंघ कर जो पुरुष उनमें हर्ष या ग्लानि नहीं करता उसी को जितेन्द्रिय जानना चाहिये ॥ ३८ ॥ जिसका मन और वाणी सदा शुद्ध और अपने वश में है; वह वेदान्त का अन्तिम फल मोक्ष प्राप्त करता है ॥ ३९ ॥ ब्राह्मण (ब्रह्मज्ञानी) अपने सन्मान से सदा विष प्राप्ति के समान अप्रसन्न रहे और अमृत प्राप्ति होने के समान अपमान की प्राप्ति को समझे ॥ ४० ॥ अपमानित होने पर भी ब्राह्मण सुख से सोता है, सुख से ही जागता है और सुख से

Scanned by CamScanner

प्राणी के प्रति पाप की भावना नहीं करता वही सच्चा भिक्षान्न भोगी होता है ॥२२॥ सावधानता पूर्वक दस लक्षण वाले, धर्म का अनुष्ठान करता हुआ और यथा विधि वेदान्त का श्रवण करता हुआ द्विज सब ऋणों से मुक्त होने के पश्चात् संन्यास ग्रहण करे ॥ २३ ॥ धृति, क्षमा, दम, अस्तेय (चोरी न करना), शौच, इन्द्रिय वश में रखना, (विवेक) से काम करना, विद्या, सत्य और क्रोध न करना—यह दस धर्म के लक्षण हैं ॥ २४ ॥ प्रथम भोगे हुए भोगों का तथा प्राप्त होने वाले भोगों का जो स्मरण न करे और प्राप्त भोगों में जो सुख न माने, वही पुरुष संन्यास आश्रम में रहे ॥ २५ ॥ जो भीतर की इन्द्रियां भीतर और बाहर के विषय बाहर सदा रख सके, वही संन्यास आश्रम में रहे ॥ २६ ॥ प्राण निकल जाने पर प्रकार देह को सुख दुःख नहीं होते वैसे ही प्राण के होते हुए जिसको सुख दुःख न हो वही संन्यास के योग्य है ॥ २७ ॥ दो लंगोटियां, एक गुदड़ी और एक दण्ड इतना ही सामान परमहंस संन्यासी को अपने पास रखना चाहिये अधिक नहीं ॥ २८ ॥ राग के कारण यदि परमहंस संन्यासी अधिक परिग्रह करे, तो वह रौरव नरक को प्राप्त होकर, पशु आदि की तिर्यक योनि में जन्म लेता है ॥ २९ ॥ संन्यासी पुराने फटे हुए निर्मल वस्त्रों को जोड़ २ कर कन्था बनावे और उसका बाहरी परत गेरुआ करले ॥ ३० ॥ वह या तो एक ही वस्त्र धारण करे या एक भी वस्त्र न रखे और नीचे दृष्टि रखते हुए वासना रहित होकर नित्य अकेला ही विचरण

करे और वर्षाकाल में मात्र एक स्थान पर निवास करे ॥ ३१ ॥ पुत्र दारादि परिवार तथा वेदांग, यज्ञ और यज्ञोपवीत इन सबका त्याग करके, यति एकांत में अकेला विचरण करे ॥ ३२ ॥ काम, क्रोध, घमंड, लोभ इत्यादि दोषों का परित्याग करके परिव्राजक ममता रहित हो जाय ॥ ३३ ॥ राग द्वेष को छोड़कर मुनि मिट्टी का ढेला, पत्थर तथा सुवर्ण को समान देखे और किसी प्राणी की हिंसा न करते हुए निस्पृह हो रहे ॥ ३४ ॥ दम्भ [मक्कारी] अहंकार, हिंसा और पैशुन्य [दुराचार] को छोड़ कर और आत्म ज्ञान से युक्त होकर यति मोक्ष का लाभ करे ॥ ३५ ॥ इन्द्रियों को साथ देने से अवश्य दोष की ही प्राप्ति होती है, परन्तु यदि उनको वश में रखा जाय तो उससे अवश्य सिद्धि का लाभ होता है ॥ ३६ ॥ भोग की इच्छा भोगों के भोगने से कभी शान्त नहीं होती; परन्तु घी डालने से जैसी आग भभकती जाती है वैसे वह भी बढ़ती ही जाती है ॥ ३७ ॥

विषयों को सुनकर, स्पर्शकर, चख कर, देखकर या सूंघ कर जो पुरुष उनमें हर्ष या ग्लानि नहीं करता उसी को जितेन्द्रिय जानना चाहिये ॥ ३८ ॥ जिसका मन और वाणी सदा शुद्ध और अपने वश में है; वह वेदान्त का अन्तिम फल मोक्ष प्राप्त करता है ॥ ३९ ॥ ब्राह्मण (ब्रह्मज्ञानी) अपने सन्मान से सदा विष प्राप्ति के समान अप्रसन्न रहे और अमृत प्राप्ति होने के समान अपमान की प्राप्ति को समझे ॥ ४० ॥ अपमानित होने पर भी ब्राह्मण सुख से सोता है, सुख से ही जागता है और सुख से

Scanned by CamScanner

विचरण करता है; परन्तु उसका अपमान करने वाला नष्ट हो जाता है ॥ ४१ ॥ ब्राह्मण बहुत बोलने से बचता रहे और अपमान तो किसी का भी न करे। वैसे ही, अपने देह का आश्रय करके और किसी से भी वैर न बांधे ॥ ४२ ॥ कोई क्रोध न करे तो उसके ऊपर वह क्रोध न करे कोई बुरा बात कहे तो भी उसको मीठे वचन ही कहे और न बहु अर्थ वाले वचन कहे, न असत्य भाषण करे ॥ ४३ ॥ अपने आत्मा ही में प्रेम रखे और किसी से कुछ पाने की भी इच्छा न रखे, न किसी को आशीर्वाद दे। अपने ही पुरुषार्थ से सुख प्राप्त करने के लिये इस जगत में विचरण करे ॥ ४४ ॥ इन्द्रियों को निरोध करने से राग द्वेष का क्षय करने से और प्राणियों की हिंसा न करने से मनुष्य अमृतत्व के योग्य होता है ॥ ४५ ॥ हड्डियों के [illegible] हुए हैं, जो स्नायु से बंधा हुआ और रक्त मांस से लिपा हुआ है, जो चपड़े से मढ़ा हुआ और दुर्गंध युक्त मलमूत्र से भरा हुआ है ॥ ४६ ॥ जो वृद्धावस्था के दुःख से युक्त है और रोगों का घर है और सदा रोगों से पीड़ित है, जो स्त्री के रज से उत्पन्न होता, अनित्य है और भूतों का निवास स्थान है, ऐसा यह मनुष्य शरीर त्यागने योग्य ही है ॥ ४७ ॥ मांस, रक्त, पीव, मल, मूत्र, स्नायु, मज्जा और हड्डियां—इनके संघात रूप देह में यदि कोई मूढ़ मनुष्य प्रीति करे, तो वह नरक में भी प्रीति करेगा ! ॥ ४८ ॥ देह में अहंकार रखना ही काल का दास होना है, वही महावीचि नामक नरक में खींच ले जाने वाला जाल है या महान् कष्टप्रद ऐसी

असिपत्र बन श्रेणी (एक प्रकार का नरक जहां पेड़ों के पत्ते तलवार की धार के समान होते हैं) वही हैं ॥ ४९ ॥ सब कुछ भले ही नष्ट होजाय तो भी हर प्रयत्न से देहाहंकार का त्याग अवश्य ही करना चाहिये। देहाहंकार को भले मनुष्य को छूना तक नहीं चाहिये; जैसे कि श्वान का मांस जिसके पास है ऐसे चांडालिनी को उत्तम पुरुष नहीं छूते ॥ ५० ॥ अपने प्रियजन हो उनका अच्छा करना या जो अप्रिय हों उनका बुरा करना, दोनों से अलग रह कर, ध्यान योग से वह सनातन ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥ ५१ ॥ इस विधि से धीरे २ सब प्रकार के संग को छोड़कर और सब द्वन्द्वों से मुक्त होकर वह ब्रह्म में टिक जाता है ॥५२॥ किसी के सहाय की अपेक्षा न रखकर परमार्थ की सिद्धि के लिये अकेला ही विचरण करे; जो जानता है कि अकेले रहने ही से परमार्थ की सिद्धि होती है; वह उसको त्यागता नहीं और सिद्धि को प्राप्त कर ही छोड़ता है ॥ ५३ ॥

पात्र के लिये कपाल (खप्पर), खानेके लिये कन्दमूल, पहिनने के लिये पुराने फटे वस्त्र, किसीकी सहायता अपेक्षा न रखना. सबमें समान बुद्धि रखना—ये ही मुक्ति के लक्षण हैं ॥५४॥ सब भूत प्राणियोंका हित चाहने वाला, शान्त, तीन दंड और एक कमंडलु रखने वाला और अकेला ही आनंदमें रहने वाला, ऐसा संन्यासी भिक्षा के लिये ग्राम में प्रवेश करे ॥ ५५ ॥ अकेला ही भिक्षु कहा जाता है, दो जुड़ जांय तो मिथुन कहाता है तीन मिल जाने से ग्राम और तीन से अधिक भिक्षु मिलने पर उनको नगर

Scanned by CamScanner

कहते हैं ॥ ५६ ॥ इसलिये भिक्षुकों को तीन से अधिक तीन या दो की संख्या में नहीं रहना चाहिये यदि वेसे रहें तो वे अपने धर्म से च्युत हो जाते हैं ॥ ५७ ॥ (क्योंकि दो या अधिक यति मिलने से) उसमें आपस में राजा संबंधी या भिक्षा संबंधी अवश्य बात चीत होगी अथवा अधिक परिचय से आपस में स्नेह, दुराचार या मत्सर आदि भी उत्पन्न होगे, इसमें संदेह नहीं है ॥ ५८ ॥

भिक्षु किसी की आशा न करते हुए अकेला ही रहे, किसी के साथ बात भी न करे और यति सबको 'नारायण' यही उत्तर दे ॥ ५९ ॥ अकेला ही मन वचन कर्म से ब्रह्म का चिन्तवन करे। जीवन में या मृत्यु में हर्ष न माने ॥ ६० ॥ जहां तक आयु की समाप्ति न हो काल की प्रतीक्षा किया करे जीवन या मरण का हर्ष न माने। जैसा सेवक आज्ञा की प्रतीक्षा करता रहता है वैसे काल ही की प्रतीक्षा करता रहे ॥ ६१ ॥ अजिह्व, मौन, नपुंषक, पंगु, अन्धा, बधिर और मुग्ध इन छत्रों का आचरण करे इससे भिक्षु अवश्य मुक्त हो जायगा, इसमें संदेह नहीं है ॥ ६२ ॥ भोजन करते समय यह अच्छा है और यह बुरा है इस प्रकार मानकर जो जिह्वाके विषयोंमें आसक्ति नहीं करता और हितकर, परिमित और सत्य भाषण करता है, उसको अजिह्व कहते है ॥ ६३ ॥ हाल की उत्पन्न हुई बालिका, सोलह वर्ष की तरुणी और सौ वर्ष की वृद्धा स्त्री, तीनों को जो चित्त में विकार उत्पन्न हुए बिना ही देखता है उसको षंडक (नपुंषक) कहते है ॥ ६४ ॥ जो केवल

भिक्षा के लिये अथवा मल मूत्र त्याग के लिये ही चलता है और एक योजन से अधिक चलता ही नहीं उस यति को पंगु कहना चाहिये ॥ ६५ ॥ बैठा हो या गमन करता हो जिसकी दृष्टि चार हाथ धरती से अधिक दूर नहीं जाती उस यति को अन्ध कहते हैं ॥ ६६ ॥ हितकारक या अहितकारक आनन्द देने वाला या दुःख देने वाला, ऐसा वचन सुनकर भी न सुनने के समान स्थिर बुद्धि रहता है, उसको बहिरा कहते हैं ॥ ६७ ॥ विषय संमुख उपस्थित होने पर भी जिस समर्थ यति की इन्द्रियां चलायमान नहीं होतीं, जो सदा सोये हुए के समान बर्ताव करता है, उस भिक्षु को मुग्ध कहते हैं ॥ ६८ ॥ नाटक आदि जुआ, युवतियां, खाने पीने के पदार्थ और रजस्वला स्त्री, इन छओं को यति कभी न देखे ॥ ६९ ॥ अन्य पदार्थ में राग, द्वेष, मद, माया, द्रोह और मोह इन छः को यति मन में कभी न लावे ॥ ७० ॥ मंचक (पलंग), सफेद कपड़ा, स्त्रियों की कथा, लोलुपता, दिन में सोना और किसी यान (सवारी) में बैठना यह छः संन्यासी के लिये पाप है ॥ ७१ ॥ आत्म चिन्ता करने वाला प्रयत्न से दूर यात्रा न करे और मोक्ष देने वाले उपनिषदादि सत् शास्त्रों का अभ्यास किया करे ॥ ७२ ॥ यति तीर्थ स्थान में अधिक न रहे, न उसवास ही करे, वैसे ही यति न पढ़ने लगा रहे न व्याख्यान (पढ़ाने) में ॥ ७३ ॥ यति हमेशा पाप रहित, शठता विहीन और सरल ऐसा आचरण रखे और कछुआ जैसे अपने अङ्गों को समेट लेता है वैसे

Scanned by CamScanner

इन्द्रियों को समेट ले यानी उनको अपने वश में रखे ॥ ७४ ॥ इन्द्रिय और मन की वृत्ति जिसकी क्षीण हुई है, जो आशा और परिग्रह से रहित हो, जो द्वन्द्व रहित हो और किसी को नमस्कार न करे न तर्पण आदि करे ॥ ७५ ॥ जो ममता और अहंकार रहित हो, किसी से कुछ अपेक्षा न रखता हो, न किसी को आशीर्वाद देता हो और जो सदा एकान्त का ही सेवन करता हो—ऐसा पुरुष मुक्त ही होता है, इसमें कुछ भी संदेह नहीं है ॥ ७६ ॥

नियम से चलने वाला, कर्म भक्ति और ज्ञान से सम्पन्न और स्वतन्त्र ऐसा पुरुष वैराग्य प्राप्त होने पर—फिर वह ब्रह्मचारी हों, गृहस्थ हो या वानप्रस्थ हो, संन्यास ग्रहण करे। ब्रह्मचारी ब्रह्मचर्य समाप्त करके गृही हो, फिर वानप्रस्थ होकर पश्चात् संन्यास धारण करे। अथवा अन्य प्रकार से, ब्रह्मचर्य ही से संन्यास ग्रहण करे, वा गृहस्थी से या वानप्रस्थ से करे। अथवा, व्रती हो या व्रतहीन, स्नातक (पढ़ा हुआ विद्वान्) हो या अस्नातक (वे पढ़ा), अग्नि का त्याग किया हो या अग्निहोत्र रखा ही न हो, जिसको जिस दिन वैराग्य उत्पन्न हो जाय, उसी दिन वह संन्यास धारण करे। प्रजापत्य इष्टि (हवन विशेष) ही केवल करे अथवा न करे; केवल आग्नेय इष्टि ही करे। प्राण ही अग्नि है, इसलिये त्रैधातवीय इष्टि अर्थात् तीन धातु सम्बन्धी हवन इसी में करे। तीन धातु ये हैं, सत्व, रज और तम। 'अयंते योनिऋ त्वियो यतो जातो अरोचथाः। तं जानन्नग्न आरोहाथानो

वर्धया रयिम्।' (हे अग्नि देव ! यह प्राण तुम्हारा कारण रूप है; प्राण से उत्पन्न हुए तुम प्रकाश को प्राप्त हो। प्राण के जानने वाले, हे अग्नि देव ! तुम वृद्धि को प्राप्त हो और हमारी सम्पत्ति बढ़ाओ) इस मन्त्र से अग्नि को सूंघे। अथवा 'अग्नेर्योनिर्यः प्राणः प्राणं गच्छ स्वां योनिं गच्छ स्वाहा।' (जो प्राण अग्नि का कारण है उस अपने कारण में हे अग्निदेव ! तुम प्रवेश करो) इस मंत्र से आहवनीय अग्नि को लेकर पूर्व के अनुसार उसको सूंघे। यदि अग्नि न मिले तो जल में आहुतियां दे। जल ही सब देवता रूप है (इसलिये) 'सर्वास्यो देवताभ्यो जुहोमि स्वाहा।' (सब देवताओं के लिये इस मन्त्र से हवन करता हूँ) हवन करके उस जल को लेकर 'साज्यं हविरनामयं मोक्षदम्' (यह घृत सहित हवि है जो रोगहारक और मोक्षदायक है) इस मन्त्र से जल प्राशन करे।

पश्चात् शिखा, यज्ञोपवीत, पिता, पुत्र, स्त्री, कर्म, अध्ययन तथा अन्य मन्त्रों का विसर्जन कर वह परिव्राजक हो जाता है। आत्म ज्ञानी परिव्राजक त्रैधातवीय मोक्ष मन्त्रों से विधिवत् ब्रह्म की उपासना करे।

नारदजी ने ब्रह्माजी से पुनः प्रश्न किया, 'जिसको यज्ञोपवीत न हो वह ब्राह्मण कैसे हो सकता है?
पितामह ने उत्तर दिया:—

शिखा सहित मुण्डन करके विद्वान् बाहर के सूत्र (यज्ञोपवीत) का त्याग करे और जो अक्षर परब्रह्म है वही सूत्र है इस

Scanned by CamScanner

प्रकार समझे ॥ ७७ ॥ पिरोया हुआ होने से उसको सूत्र कहते हैं। वह सूत्र वस्तुतः परमपद रूपी सूत्र को जिसने जान लिया है वही ब्राह्मण वेदों का पारगामी है यानी संपूर्ण वेदों को भली प्रकार जानने वाला है ॥ ७८ ॥ जिसमें यह सर्व जगत सूत्र में जैसे मणि पिरोये हुए होते हैं वैसा पिरोया हुआ है, उस ब्रह्म रूपी सूत्र को तत्त्वदर्शी योगी धारण करे ॥ ७९ ॥ उत्तम प्रकार से योग में स्थिर विद्वान् बाहर के सूत्र को त्याग कर सावधानता पूर्वक इस ब्रह्म भावका सूत्र धारण करे। इस सूत्रको धारण करने वाला उच्छिष्ट (झूठा) और अशुचि नहीं होता ॥८०॥ब्रह्मज्ञान रूप यज्ञोपवीत धारण करने वाले, जिनका सूत्र भीतर रहता है वे ही सच्चे सूत्र को जानने वाले हैं और सच्चे यज्ञोपवीत पहिनने वाले हैं ॥८१॥ उनकी ज्ञान ही शिखा है, ज्ञान ही निष्ठा है, और ज्ञान ही उनका यज्ञोपवीत है; उनका पवित्र भी ज्ञान ही है और ज्ञान ही उनका परम (पद) है ॥८२॥ अग्नि की समान प्रज्वलित ऐसी जिसको ज्ञानमय शिखा है, वही ज्ञानी सच्चा शिखा धारी है और सामान्य मनुष्य शिखा जो रखते हैं, वे वास्तविक में शिखा, धारी नहीं है ॥ ८३ ॥ ब्राह्मणादि जिनको वैदिक कर्म करने का अधिकार है, उनको यह बाहरी यज्ञोपवीत धारण करना चाहिये क्योंकि वह एक कर्म हो का अङ्ग है ॥ ८४ ॥ जिसकी शिखा और उपवीत ज्ञानमय है, सम्पूर्ण ब्राह्मणत्व उसी में है, ऐसा ब्रह्मज्ञानियों का निश्चय है ॥ ८५ ॥

इस प्रकार यह सब जान कर ब्राह्मण परिव्राजक (संन्यासी) बन जाय। संन्यासी एक पहनने की शाटी (वस्त्र) सिवाय और कोई वस्तु पास न रखे, सब सिर मुंडवाले और सब प्रकार से शारीरिक कष्ट सहने के लिये तय्यार रहे। अथवा विधि देखा जाय तो वह जैसा उत्पन्न हुआ है, उसी रूपको धारण कर यानी नग्न होकर अपने पुत्र, मित्र, स्त्री, आप्त (गृह) बांधव आदि तथा स्वाध्याय और सब कर्मों को त्यागकर 'यह सब ब्रह्माण्ड ही उसकी लगोटी है' ऐसा समझकर दण्ड और लंगोटीका त्याग करे और द्वंद्व को सहन करता हुआ न शीत माने न उष्ण, न सुख, न दुःख, न निद्रा, न मानापमान माने और शोक, मोह, जरा, मृत्यु भूख और प्यास इन छओं ऊर्मियोंसें रहित होजाय। निन्दा, अहंकार, मत्सर, गर्व दंभ, ईर्षा असूया, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि को छोड़ कर अपने शरीर को मृत शरीर के समान मानकर अपने आत्माको छोड़कर भीतर और बाहर, और कुछ है ही नहीं ऐसी निष्ठा रखे। किसी की भी वंदना न करे, न नमस्कार करे, न हवन वा तर्पण करे। निन्दा स्तुति छोड़ दे और जैसा होजाय वैसा ही होने दे, जो मिले उसीमें संतुष्ट रहे। सुवर्ण आदि पास न रखे। उसके लिये न आवाहन है न विसर्जन, न मंत्र है न अमंत्र, न ध्यान है न उपासना, न लक्ष्य है न अलक्ष्य, न पृथक् है न अपृथक् है, न कोई अन्य स्थान है। सभी स्थान उसीका निवास है और उसीकी बुद्धि

Scanned by CamScanner

स्थिर है। वह सूने मकान में, वृक्ष के नीचे, मंदिर में, फूंस के घर में, कुम्हार के घर, अग्नि होत्र के स्थान अथवा यज्ञशाला में, नदी के तीरमें, नदी के बालू में, भूमि के विवर में पर्वत के कन्दरा में. झरने पर अथवा यज्ञागार में अथवा वन में रहे श्वेतकेतु, ऋभु निदाघ, ऋषभ, दुर्बासा, संवर्तक, दत्तात्रेय और रैवतक-इनके समान कोई जान न सके इस प्रकार वेश तथा आचार रखकर बालक के समान, पागल के समान अथवा पिशाच के समान रहे। पागल न होते हुए पागल का सा आचरण रखे और त्रिदंड छीका, पात्र, कमंडलु, कटिसूत्र और कौपीन-यह सब जल में 'भूः स्वाहा' कहकर त्याग दे। कटिसूत्र, कौपीन, वण्ड, वस्त्र और कमण्डलु-यह सब जल में प्रवाहित करे, नग्न होकर बिचरण करे और आत्मा का अनुसंधान करता रहे। जैसा नग्न रहे वैसा निर्द्वंद्व और परिग्रह रहित भी रहे। परिव्राजक तत्त्वरूप ब्रह्म प्राप्ति के मार्ग में अच्छी प्रकार संपन्न हो। मन को निर्मल रखते हुए प्राण धारण के निमित्त यथोक्त काल पर हाथ में अथवा किसी पात्र में भिक्षा मांग कर खाय। लाभ हानि में समान रहे और ममता कहीं भी न रखे। आत्मध्यान में सदा निमग्न रहकर सदा ब्रह्मनिष्ठ बना रहे और शुभ तथा अशुभ कर्मों का उच्छेद करने की इच्छा से उनका त्याग कर, 'पूर्णानन्द, अद्वैत और बोध स्वरूप ऐसा ब्रह्म मैं हूँ' इस अर्थ वाले ब्रह्म प्रणव का अनुस्मरण करे। भ्रमर जैसा एक फूल से दूसरे फूल पर जाता है, अथवा जैसे कीट एक पत्ते से दूसरे पत्ते पर जाता है, वैसे ही,

तीनों शरीर का त्याग करे। इस प्रकार संन्यास ही से जो देह-त्याग करता है, वह, कृतकृत्य होता है। यह उपनिषत् है॥ इति तृतीय उपदेश॥

वेद विहित कर्मों सहित तीनों लोक, विषय तथा इन्द्रिय इन सबका त्याग कर जो आत्मा में ही टिक जाता है, वह परमगति को प्राप्त होता है॥ १॥ सच्चा यति अपना नाम, गोत्र, देश, काल, अपनी विद्वत्ता, कुल, उम्र, पेशा, व्रत, शील इत्यादि किसी को न बतावे॥ २॥ स्त्री के साथ वह संभाषण न करे अथवा देखी हुई स्त्री का स्मरण न करे, स्त्री सम्बन्धी वार्ता भी न कर, और तो क्या स्त्री का चित्र भी यति न देखे!॥ ३॥ इन चार बातों का यदि कोई यति मोह वश आचरण करे, तो उसका चित्त को अवश्य विकार होगा और उस विकार से वह नाश को प्राप्त होगा॥ ४॥

तृष्णा, क्रोध, असत्य, धूर्तता, लोभ, मोह, प्रिय, अप्रिय, शिल्प, व्याख्यान करना, काम, राग, परिग्रह, ॥ ५॥ अहङ्कार, ममता, व्याधि चिकित्सा करना, धर्म का कोई बड़ा काम उठाना, प्रायश्चित्त करना, प्रवास मंत्र, औषधि, विष और आशीर्वाद॥ ६॥ यह सब यति के लिये निषिद्ध हैं और यदि कोई यति इनका सेवन करे तो उसका पतन होगा। मित्र भी आ मिले तो उसको 'आजा, अथवा बैठ' ऐसा कहकर उसका स्वागत न करे॥७॥ वैसे ही मोक्ष मार्गमें परायण मुनि किसीसे मान पूर्वक न बोले, किसी से कुछ ले नहीं न किसी को कुछ दे॥८॥ अथवा देने

Scanned by CamScanner

दिलवाने की यति स्वप्न में भी कभी प्रेरणा न करे। स्त्री, भाई, पुत्र इत्यादि बांधवों का हानि लाभ ॥ ९ ॥ सुनकर वा देख कर यति विचलित न हो और हर्ष शोक दोनों का वह त्याग करे। अहिंसा, सत्य, अस्तेय ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह से रहे ॥ १० ॥ उदण्डता न करना, दीनता रहित रहना, प्रसन्नता, स्थिरता, सीधा पन, अस्नेह, गुरु सेवा, श्रद्धा, क्षमा, दम, शम, ॥ ११ ॥ उपेक्षा, धैर्य, माधुर्य तितिक्षा, करुणा, लज्जा, ज्ञान, विज्ञान, योग मिताहार और धृति ॥ १२ ॥ इन सबका पालन करना, जिनका मन वशमें होता है ऐसे यतियों का यह प्रसिद्ध धर्म है। द्वन्द्व रहित सदा आत्मा में टिका हुआ, सबको समान देखने वाला ॥ १३ ॥ ऐसा तुरीय अवस्था को पहुँचा हुआ परमहंस यति साक्षात् नारायण ही है। यति ग्राम में एक ही रात्रि रहे, नगर में पाँच रात्रि रह सकता है ॥ १४ ॥ परन्तु यह नियम वर्षाऋतु के लिये नहीं है; वर्षा काल में चार महीने एक ही स्थान रह सकता है। यदि कोई भिक्षु ग्राम में हो तो उस ग्राम में यति दो रात्रि भी न ठहरे ॥ १५ ॥

क्योंकि इसमें रागद्वेश बढ़ता है और उससे यति नरक गति को प्राप्त होता है। गांव की सीमा में अथवा किसी निर्जन देश में बिना आश्रम बनाये यति संयम पूर्वक रहे ॥ १६ ॥ किसी क्षुद्र प्राणी के समान जमीन पर यानी पैदल ही घूमता रहे, मात्र वर्षाकाल में एक ही स्थान रह जाय। वह या तो एक ही स्थान

पर निवास करे अथवा निवास करे ही नहीं; एकाग्र दृष्टि रखे और लोलुपता न रखे ॥ १७ ॥

इस प्रकार संतजनों के मार्ग को दूषण न लगाता हुआ ध्यानयुक्त रह कर यति पृथ्वी पर भ्रमण करे। पवित्र देश में अपने धर्म का पालन करते हुए यति ॥ १८ ॥ परिभ्रमण करता रहे और योगरत रह कर पृथ्वी पर घूमता रहे। यति को रात्रिमें दुपहर में अथवा संध्या समय पर्यटन नहीं करना चाहिए ॥ १९॥ शून्य स्थानों में, कठिन स्थानों में अथवा जहां जाने से प्राणियों को कष्ट पहुँचे ऐसे देश में भी वह पर्यटन न करे। यति गांव में एक रात्रि रहे, कसबे में तीन रात ॥ २० ॥ छोटे कसबे में दो ही रात रहे, शहर में पांच रात्रि रह सकता है परन्तु वर्षाकाल में (चार महीने) तीर्थ स्थान देखकर वहीं रहे ॥ २१ ॥ अन्धे के समान कूबरे के समान, बहिरा, पागल या गूंगे के समान (जिसके लक्षण पहले दे चुके हैं) और अपने समान सब भूतों को देखता हुआ भिक्षु पृथ्वी पर परिभ्रमण करे ॥ २२ ॥

बहूदक और वानप्रस्थ संन्यासियों को तीन बार स्नान करना चाहिये, हंस को एकबार और परमहंस के लिये स्नान आवश्यक ही नहीं है ॥ २३ ॥ मौन, योगासन, योग, तितिक्षा, एकान्त सेवन, निस्पृहता और समता ये सात धर्म एक दण्ड धारण करने वाले के हैं ॥ २४ ॥ परन्तु परमहंस आश्रम वाले के लिये स्नानादि का कुछ विधान नहीं है। वह हमेशा केवल सभी चित्त वृत्तियों के त्याग में ही लगा रहे ॥ २५ ॥

Scanned by CamScanner

चमड़ा, मांस, रक्त, स्नायु, मेद, मज्जा और हड्डियां इनके संघात रूप शरीर में रहने वालों में और मल मूत्र पीव आदि में रहने वाले कीड़ों में अन्तर ही क्या है ? ॥ २६ ॥ कहां कफ आदि मलिन पदार्थों के ढेर रूप यह शरीर और कहां उस शरीर के शोभा सौंदर्य आदि गुण ! ॥ २७ ॥ मांस, रक्त, पीव, मल, मूत्र, स्नायु, मज्जा और हड्डी आदि के समूहभूत इस शरीर में यदि कोई मूढ़ पुरुष प्रीति रखे तो वह नरक में भी प्रीति रखेगा !॥२८॥ स्त्रियों के गुह्य देश में और बहते हुए फोड़े में कुछ भी अन्तर नहीं है। यदि है तो केवल मनुष्य के मन का ही अन्तर है, और इसी से मनुष्य धोखा खा जाता है ॥ २९ ॥ द्विधा भिन्न और अपान मेल से दुर्गन्ध देने वाले चमड़े के टुकड़े में जो आनन्द मानते हैं, उनको नमस्कार है ! इससे बढ़ कर और साहस ही क्या हो सकता है ! ॥ ३० ॥

विद्वान् यति का न कोई कार्य है न कोई चिह्न है। ममता हीन, भयहीन, शान्त, द्वन्द्वरहित, किसी वर्ण से आहार ग्रहण करने वाला ॥ ३१ ॥ मौन धारण करने वाला यति लंगोटी भी धारण करे अथवा न करे और सदा ध्यान में तत्पर रहे। ऐसा ज्ञानी योगी ब्रह्म को प्राप्त होने योग्य है ॥ ३२ ॥ यति कोई बाह्य चिह्न धारण करे तो भी यति का वास्तविक लक्षण तो ज्ञान ही है, क्योंकि जीव के मोक्ष का हेतु ज्ञान ही है और बाहरी चिह्न मोक्ष के लिये अत्यंत निरुपयोगी हैं ॥ ३३ ॥ जो किसी को अच्छा या बुरा, विद्वान् या अविद्वान्, सदाचारी या दुरा-

चारी नहीं समझता वही सच्चा ब्राह्मण है ॥ ३४ ॥ इसलिये धर्म-वेत्ता यति बहिर्लक्षण रहित ही अत्यंत श्रेष्ठ ऐसे ब्रह्मचर्य का आचरण करे; परन्तु महान् गहन ऐसे धर्म का आचरण करते हुए भी बाहरी आचार अज्ञानी के समान ही रखे ॥ ३५ ॥ वर्ण और आश्रम से रहित होकर सब मनुष्यों से पृथक् ऐसा कोई विशेष चिन्ह न रखे और अन्ध, मूर्ख और गूंगे के समान (जिस के लक्षण पहिले कह चुके हैं) पृथ्वीं तल पर परिभ्रमण करे ॥ ३६ ॥ ऐसे शान्त मन वाले यति की देवगण भी चाहना करते हैं।

'लिंगाभावात्तु कैवल्यम्' (लिंग यानी व्यक्तित्व का निशान न होना ही कैवल्य है) यह वेद वचन है ॥ ३७ ॥

फिर से नारदजी ने ब्रह्माजी से कहा, 'हमको संन्यास की विधि बताइये।' पितामह ने 'अच्छा' कह कर अङ्गीकार किया और वे बोले—

आतुर संन्यास में और क्रम संन्यास में भी संन्यास आश्रम ग्रहण करने वाला प्रथम कृच्छ्र चांद्रायण व्रत से प्रायश्चित्त करे और अष्ट श्राद्ध करे। देव, ऋषि, दिव्य, मनुष्य, भूत, पिता, माता इनका तथा अपना ये आठ श्राद्ध हैं। प्रथमदेव श्राद्ध में सत्य वसु नामक देवताओं तथा ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश्वर इनका अर्चन करे, ऋषि श्राद्ध में देवर्षि, क्षत्रिय ऋषि और मनुष्य ऋषि इनका; दिव्य श्राद्ध में वसु, रुद्र और आदित्य इनका; मनुष्य श्राद्ध में

Scanned by CamScanner

सनक, सनन्दन, सनत्कुमार और सनत्सुजात इनका; भूत श्राद्ध में पृथिव्यादि महाभूत चक्षु आदि इन्द्रियां और चार स्थूल भूत इनका; पितृ श्राद्ध में पिता, बाबा और परबाबा इनका; मातृ श्राद्ध में माता दादी और परदादी इनका और आत्म श्राद्ध में अपना पिता का और बाबा का श्राद्ध करे। पिता जीवित हो तो पिता को छोड़कर अपना, बाबा का और परबाबा का श्राद्ध करे। सब श्राद्धों में प्रति श्राद्ध के लिये दो दो ब्राह्मणों की नियुक्त द्वारा एक अध्वर पक्ष में, अथवा आठ अध्वर पक्ष में, एक दिन में अथवा आठ दिन में अपनी शाखा के मन्त्रों से आठों श्राद्ध समाप्त करे। अथवा पितृ याग के विधान से ब्राह्मणों का पूजन करके मुक्ति तक सब कर्म यथा विधान करके पिण्ड दान करे। ब्राह्मणों को ताम्बूल (पान का बीड़ा) और दक्षिणा देकर संतुष्ट करके उनको बिदा करे। पश्चात् शेष रहा कर्म समाप्त करने के लिये सात बाल छोड़ कर ब्राह्मण सिर के बाल तथा मूंछें मुंडवावे और नाखून कटवावे। सात आठ बाल, (को छोटी चुटिया) तथा कांख के और गुह्य स्थान के बाल छोड़कर संपूर्ण क्षौर करवावे और स्नान संध्या से निवृत्त होकर एक हजार गायत्री का जप करे तथा ब्रह्म यज्ञ करे। फिर अपना अलग अग्नि स्थापन करके अपनी शाखा के अनुसार सामिग्री एकत्रित कर उस शाखा के अनुसार ही जितनी आज्य भाग में कही हो उतनी घी की आहुतियां देकर हवन विधि समाप्त करे। 'आत्मा' आदि मंत्रोंसे तीन वार सत्थु प्राशन करे। पश्चात् आच-

मन करके अग्नि का संरक्षण करे। अग्नि के उत्तर को कृष्णाजिन (काला मृगचर्म बिछा कर उस पर बैठ कर रात भर पुराण श्रवण करते हुए जागरण करे। रात्रि के चौथे प्रहर में स्नान करके उसी अग्नि में चरु (भात) बनावे। पुरुष सूक्त से उसी अग्नि में सोलह आहुतियां देकर पश्चात् विरजा होम करे। फिर आचमन करके दक्षिणा सहित वस्त्र, सुवर्ण पात्र और धेनु का दान करके पश्चात् ब्रह्मा का विसर्जन करे। पश्चात् नीचे लिखे हुए मंत्र से अग्नि को आत्मा में आरोपित करके अग्नि का इस प्रकार ध्यान करे। अग्नि का आरोपण करने का मन्त्रः— "संमासिञ्चन्तु मरुतः समिन्द्रः संबृहस्पत्तिः। संमायमग्निः सिञ्चत्वायुषा च धनेन च वलेन च चायुष्मन्तः करोतुमेति। याते अग्ने यज्ञिया तनूस्तयेह्यारो हात्मात्मानम्। अच्छा वसूनि कृण्वन्नस्मे नर्या पुरूणि। यज्ञो भूत्वा यज्ञमासीद स्वां योनिं जातवेदो भुव आजायमानः सक्षय एधि।" (मरुत, इन्द्र, बृहस्पति तथा यह अग्नि मेरे ऊपर धन और बल की वर्षा करे और मुझे दीर्घ आयु प्रदान करे। हे अग्ने, जो तेरी यज्ञ रूपी तनू है उस तनू से यहां इस मेरे आत्मा में तू आरोहण कर (हमारे लिये) धन की वृद्धि कर और हे अन्न को बढ़ाने वाले, (हमारे खाने के लिये, बहुत अन्न उत्पन्न कर। यज्ञ बनकर तू यज्ञ करा ले और हे अग्ने, तू अपने कारण के प्रति प्राप्त होजा। इस समय जो तू प्रगट हुआ है सो फिर विलीन होजा।

Scanned by CamScanner

अग्नि का ध्यान करने के पश्चात् उसकी प्रदक्षिणा और नमस्कार करके अग्नि का विसर्जन कर दे। पश्चात् प्रातः संध्या करे, एक सहस्त्र गायत्री का जप करके सूर्योपस्थान (सूर्य की प्रार्थना) करे फिर नाभि तक पानीमें खड़ा रहकर आठ दिक्पालों को अर्घ्य प्रदान करे, गायत्री का विसर्जन करे और सावित्री को व्याहृतियों में प्रविष्ट करदे।

'मैं (संसार रूपी) वृक्ष का (अन्तर्यामी रूप से) धारण करने वाला हूँ, मेरी कीर्ति पर्वत पृष्ठ के समान स्थिर है। सूर्य में जैसा अत्यन्त पवित्र अमृत रहा हुआ है उसीके समान मैं अत्यन्त पवित्र हूँ। प्रकाश युक्त ऐसा (ब्रह्म रूपी) धन मेरे पास है। मैं उत्तम बुद्धि वाला, मृत्यु रहित और अक्षय हूँ।' यह त्रिशंकु ऋषि का वेद का व्याख्यान है।

जो वेदों में प्रधान (रूप से वर्णित) है, विश्वरूप, है, अमृत स्वरूप वेदों से उत्पन्न हुआ है ऐसा (ॐकार रूप) इन्द्र मुझे बुद्धि (ज्ञान) प्रदान करे; हे देव,मैं अमृत की धारण करने वाला होऊँ, मेरा शरीर बलवान् हो, मेरी जीभ मधुर भाषण करने वाली हो और मैं कान से बहुत अच्छी तरह से सुनूं, तू ब्रह्म का कोश यानी खजाना है परन्तु (लौकिक) बुद्धि से तू पाया नहीं जाता तू मेरे जाने हुए (ज्ञान) की रक्षा कर

"स्त्री की वासना, धनकी वासना और स्वर्ग आदि लोकों की वासना का मैंने त्याग किया है।" "ॐ भूः संन्यस्तं मया, ॐ भुवः

संन्यस्तं मया, ॐ सुवः संन्यस्तं मया ॐ भूर्भुवः सुवः संन्यस्तं मया" (मैंने भू लोक का संन्यास किया इ० इ०) इस मंत्र को मंद स्वर से, मध्यम स्वर से और फिर उच्च स्वर से मन से और वाणीसे कहकर, "अभयं सर्व भूतेभ्यः मत्त.सर्वं प्रवर्तते स्वाहा।" (सब भूतोंको मैं अभय देता हूँ; सब कुछ मुझसे ही उत्पन्न होता है) इस मंत्रसे जल प्राशन करे। पूर्व दिशाकी ओर पूर्ण अंजली देकर 'ॐ स्वाहा' इस मंत्रसे शिखा उखाड़ डाले। फिर 'यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्। आयुष्यमग्र्यं प्रति मुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बल मस्तुतेजः॥ यज्ञोपवीतं वहिर्न निवसेत्त्वमंतः प्रविश्य मध्ये ह्यजस्रं परमं पवित्रं यशोबलं ज्ञान वैराग्यं मेधां प्रयच्छ॥' (यह यज्ञोपवीत अत्यंत पावन करने वाला है और यह पहिले प्रजापति के साथ ही उत्पन्न हुआ है। हे देव, मुझे सुदीर्घ आयुष्य प्रदान कर। यह सुभ्र यज्ञोपवीत मुझे बल और कांति देने वाला हो॥ यह यज्ञोपवीत अब वाहर न रहे, भीतर प्रवेश करके (हे यज्ञोपवीत अब) तुम मेरे अन्तर में परम पवित्र और विशाल ऐसा सुयश, बल, ज्ञान, वैराग्य और बुद्धि प्रदान करो!) इस मंत्र से यज्ञोपवीत तोड़कर अंजुलि में जल लेकर "ॐ भूः समुदं गच्छ स्वाहा" ऐसा कहकर जल में छोड़ दे "ॐ भूः संन्यस्तं मया, ॐ भुवः संन्यस्तं मया ॐ सुवः संन्यस्तं मया" इस मन्त्र को तीन वार उच्चारण करके जल को अभिमन्त्रित कर प्राशन करे। फिर आचमन करके 'ॐ भूः स्वाहा' ऐसा कहकर जलमें वस्त्र तथा कटिसूत्र (करधनी) भी त्याग दे और मैं अब

Scanned by CamScanner

सब कर्मों से निवृत्त हुआ हूँ' ऐसा समझकर नग्न रूप से आत्मा का अनुसंधान करते हुए उत्तर दिशा की ओर चला जाय। यदि संन्यास लेने वाला विद्वान हो तो गुरू से प्रणव महावाक्य का उपदेश लेकर 'मुझसे अन्य कुछ नहीं है' ऐसा समझकर स्वेच्छा पूर्वक विचरण करे और फल, पत्ते और जल का आहार कर पहाड़ जंगल तथा मंदिरों में घूमे। संन्यास लेने के पश्चात् दिगंबर रहे और हमेशा अपने आनन्द के अनुभव से जिसका अन्तर परिपूर्ण है ऐसा सर्वत्र विचरण करे। अन्य कर्मों से दूर रहकर फल, रस, छिलके, पत्ते, मूल और उदक इनका आहार करते हुए मोक्ष की इच्छा रखने वाला संन्यासी प्राणायाम में परायण रहे और गिरि कन्दराओं में निवास करते हुए और तारक मन्त्र प्रणव का स्मरण करते हुए देह विसर्जन करे।

विवदिषा संन्यासी (ज्ञान प्राप्ति के हेतु संन्यास धारण करे वह) उपरोक्त रीति से नग्न होकर सौ कदम चले। फिर आचार्य तथा ब्राह्मण उससे कहे कि 'हे भाग्यवान् पुरुष ठहरो, दण्ड, कमण्डलु और वस्त्र धारण करो और प्रणव महावाक्य ग्रहण करने के निमित्त आचार्य के पास जाओ।" फिर आचार्य उसे दण्ड कठिसूत्र, (करधनी) लंगोटी, एक ओढ़ने का वस्त्र और कमण्डलु दे दे। "सखामागोपायोजः सख्यायोऽसीन्द्रस्य वज्रोऽसि वात्रंघः शर्म मे भव यत्पापं तन्निवारय" (हे सखे, मेरी रक्षा कर तू इन्द्र का ऐश्वर्य (अतुल सामर्थ्य) है तू वृत्रासुर को मारने वाला वज्र है तू मेरा रक्षण कर और मुझे पापों से दूर रख) इस

मन्त्र से दण्ड ग्रहण करे। "जगज्जीवन जीवनाधार भूतं मातेव मा मन्त्रयस्व सर्वदा सर्वसौम्य" (हे जगत को जीवन देने वाले और उसके जीवन के आधार भूत, हे सर्व कल्याण करने वाले मुझे माता के समान सर्वदा उपदेश देते रहना !) इस मन्त्र को कहकर और ॐ का उच्चारण करके कमण्डलु को ग्रहण करे, ॐ कहकर लंगोटी बांधने के लिये कटिसूत्र (करधनी) धारण करे, ॐ कहकर गुह्य भाग ढकने के लिये लंगोटी धारण करे और ॐ कहकर शीतोष्ण से रक्षा करने के लिये केवल एक वस्त्र धारण करे। कटिसूत्र कौपीन तथा वस्त्र धारण करने के पूर्व तीनों बार आचमन करे।

इस प्रकार संन्यास दीक्षा को प्राप्त कर "मैं कृतार्थ हुआ हूँ" ऐसा मानकर यति अपने आश्रम विहित कर्म सर्वदा करता रहे यह उपनिषत् है॥ इति चतुर्थ उपदेश॥

नारद जी ने ब्रह्माजी से प्रश्न किया, 'भगवन् आपने पहिले संन्यास को सब कर्मों के निवृत्त रूप बताया था और फिर आप बताते हैं कि संन्यासी अपने आश्रम के अनुसार कर्माचरण करता रहे, (इससे आपका क्या अभिप्राय है ?)

पितामह बोले, 'देहधारी जीवों की जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय ऐसी चार अवस्थाएं होती हैं, उनकी अवस्था के अनुसार वे कर्म, ज्ञान या वैराग्य की प्रवृत्ति वाले होते हैं और वैसे ही उनके आचार होते हैं।,

Scanned by CamScanner

नारदजी बोले, 'ऐसा है तो संन्यास के कितने प्रकार हैं, और उन भिन्न २ प्रकार के संन्यासियों के आचार में क्या २ अन्तर होता है वह सब कृपा करके सुनाइये ।'

इसके उत्तर में ब्रह्मा जी ने नारदजी से संन्यास के भेद इस प्रकार कहे—

संन्यास वास्तव में तो एक है, परन्तु अज्ञान, दुर्बलता और विहीत कर्मों के त्याग के कारण वह तीन प्रकार का है और चार प्रकार का भी होता है; वैराग्य संन्यास, ज्ञान संन्यास, ज्ञान वैराग्य संन्यास और कर्म संन्यास। जिसका पूर्व जीवन अधर्ममय हो परन्तु पश्चात् शुभ कर्मों के उदय से जिसको वैराग्य प्राप्त होजाय उनका संन्यास वैराग्य संन्यास कहा जाता है। शास्त्रों द्वारा स्वर्गनरक के भोगों का अनुभव सुनकर संसार से जो उपराम को प्राप्त होता है और क्रोध, ईर्षा, असूया. अहंकार, अभिमान आदि रूप सब संसार से निवृत्त होकर दारेषणा (स्त्री की वासना), धनेषणा, लोकेषणा (स्वर्गादि की वासना) रूप देह वासना, शास्त्र वासना और लोकवासना का त्याग कर, प्रकृति का बना हुआ जितना जो कुछ है, सब वमन (कै) किये हुए भोजन के समान त्याज्य है, ऐसा समझ कर साधन चतुष्टय संपन्न होकर जो संन्यास ग्रहण करता है, उसको ज्ञान संन्यासी कहते हैं। क्रम से सब का अभ्यास और अनुभव करते हुए ज्ञान वैराग्य और स्वरूपानुसन्धान से जिसका केवल देह ही शेष रहा हो अर्थात्

जिसको कहीं भी आसक्ति न रही हो, जो संन्यास लेकर नग्न रहता है वह ज्ञान वैराग्य संन्यासी है। ब्रह्मचर्य को समाप्त करके गृहस्थ और वानप्रस्थ आश्रम के समाप्ति के पश्चात् वैराग्य न होते हुए ही आश्रम क्रम से जो संन्यास धारण करता है वह कर्म सन्यासी है। वैराग्य संन्यासी ब्रह्मचर्य से संन्यास लेता है और संन्यास अवस्था में नग्न ही रहता है।

विद्वत् सँन्यासी, ज्ञान सँन्यासी, विविदिषा सँन्यासी और कर्म सँन्यासी (ऐसे भी सँन्यास के चार विभाग हैं) । कर्म संन्यास दो प्रकार का होता है, निमित्त सँन्यास और अनिमित्त सँन्यास। आतुर सँन्यास को निमित्त संन्यास और क्रम संन्यास को अनिमित्त सँन्यास कहते हैं। आतुर सँन्यास में सब कर्मों का लोप होता है और प्राण छूटने के समय वह लिया जाता है। इसको निमित्त संन्यास कहते हैं। मन को दृढ़ करके जितना जो कुछ उत्पन्न हुआ है, वह सब अवश्य नष्ट होगा, इसलिये देह आदिक सर्व हेय (त्यागने योग्य) है, सूर्य लोक में रहने वाला हंस (आत्मा) अँतिरिक्ष में रहने वाले वसु, वेदी के पास बैठने वाला होता, तथा कठिन मार्ग चलने वाला पथिक, वैसे ही ब्रह्मलोक इन्द्र लोक में विष्णुलोक और अंतरिक्ष में रहने वाले, तथा जल पृथ्वी, तेज, नदियां पहाड़ आदि में उत्पन्न हुए जीव यह सब नश्वर है केवल सत्य स्वरूप और महान ब्रह्म ही नित्य है, ऐसा निश्चय करके पश्चात् क्रम पूर्वक जो संन्यास ग्रहण किया जाता है वह अनिमित्त संन्यास है।

Scanned by CamScanner

संन्यास और छः प्रकार का होता है:—कुटीचक, बहूदका, हंस, परमहंस, तुरीयातीत और अवधूत।

कुटीचक संन्यासी शिखा, यज्ञोपवीत, दण्ड और कमंडलु रखता है। लंगोटी पहिनता है और ओढ़ने के लिये कंथा (गुदड़ी) भी रखता है। वह माता पिता और गुरू इनकी सेवा करता है। खप्पर, कुदाली और छींका रखता है और मन्त्र जपता है एक ही स्थान पर भोजन करता है, सफेद ऊर्ध्व तिलक धारण करता है और तीन दण्ड रखता है।

बहूदक संन्यासी शिखा, यज्ञोपवीत, दण्ड, कमण्डलु, कौपीन और कंथा रखते हैं, त्रिपुण्ड धारण करते हैं और सब बातों में कुटीचक के समान होते हैं। वे मधुकरी मांग कर केवल आठ ग्रास ही भोजन करते हैं।

हंस जटा रखते हैं। त्रिपुण्ड्र और ऊर्ध्व पुण्ड्र दोनों प्रकार के तिलक लगाते हैं। पूर्व संकल्प न करते हुए मधुकरी मांग कर खाते हैं और कमर में एक कोपीन का टुकड़ा पहिनते हैं। परमहंस संन्यासी शिखासूत्र रहित होता है, वह प्रतिदिन पांच घरों में से भिक्षा मांग कर हाथ ही में खाता है; एक लंगोटी और ऊपर लपेटने के लिये एक शाटी (वस्त्र) तथा एक बांस का दण्ड धारण करता है। वह या तो एक शाटी रखता है नहीं तो शरीर में भस्म लगा लेता है, और कुछ भी पास नहीं, रखता।

तुरीयातीत संन्यासी गाय के समान मुख ही से फल आदि खाता है, यदि वह अन्न खाय तो तीन ही घर मांग कर खाय, कुछ भी पास नहीं रखता वह दिगम्बर रहता है। उसके शरीर का निर्वाह मृत देहवत् होता है यानी वह निर्वाह के लिये चेष्टा नहीं करता।

अवधूत के लिये कोई नियम नहीं है। वह दुराचारी और पतित इनको छोड़ कर किसी भी वर्ण से अजगर वृत्ति से रहता है यानी बिना प्रयत्न किये हुए जो कुछ प्राप्त हो वही खा लेता है और स्वरूपानुसंधान परायण होता है।

आतुर संन्यासी यदि जीवित रहे तो उसको क्रम संन्यास का आचरण करना चाहिये। कुटीचक, बहूदक और हंस, इनकी संन्यास विधि ब्रह्मचर्य आदि संन्यास लेने वाले के समान ही होती है। (ये तीन वास्तविक संन्यास नहीं है, ये संन्यास की तैयारी की अवस्थाएं हैं; इसीसे इनमें शिखासूत्र का त्याग नहीं होता।) परमहंस तुरीयातीत और अवधूत ये करधनी, लंगोटी, वस्त्र, कमंडलु; दण्ड कुछ भी नहीं रखते। उनको सब वर्णों से भिक्षा मांग कर खाना चाहिये और नग्न रहना चाहिये।

संन्यास लेने के पश्चात् भी जहां तक तृप्ति न हो वहां तक शास्त्राध्ययन करना चाहिये दृढ़ होते ही कटिसूत्र, कौपीन, वस्त्र कमण्डलु आदि जल में बहा दे, और नग्न होकर विचरे, कन्था

Scanned by CamScanner

भी न रखे। न कुछ पढ़े; न सुने; केवल प्रणव का उच्चारण किया करे। तर्क न पढ़े, न व्याकरण पढ़े। अधिक बोले नहीं; क्योंकि उसके लिये अधिक बोलना व्यर्थ वाणी को कष्ट देना ही है। वाणी से अथवा हाथ आदि से इसारे करके अथवा और किसी प्रकार के विशेषण से भी न बोले। शूद्र, स्त्री, पतित अथवा रजस्वला स्त्री से यति भाषण न करे। वैसे ही यति देवपूजा भी न करे, उत्सव न देखे और यात्रा भी न करे।

यतियों के लिये ये भी नियम हैं:—कुटीचक एक स्थान ही से पूरी भिक्षा करले, बहूदक माधुकरी करके पर्याप्त भोजन करे। हंस आठ घर से आठ ग्रास मांग लावे, परमहंस पांच ही घर भिक्षा मांगे और पात्र न रखे, हाथ ही में भिक्षा करे। तुरीयातीत गाय के समान मुख ही से फलाहार करे और अवधूत अजगर वृत्ति रखे यानी विना प्रयत्न जो कुछ आ पहुँचे उसका आहार करे। किसी भी ग्राम में जहां सब वर्ण के लोग रहते हों यदि एक दिन से अधिक न रहे, न वह किसी को नमस्कार करे। तुरीयातीत और अवधूत से कोई बड़ा नहीं है; परन्तु जो स्वरूप ज्ञान से रहित है वह बड़ा होते हुए भी छोटा ही है। यति हाथों से नदी तैर कर न जाय न कभी पेड़ पर चढ़े, न यान (सवारी) में बैठे। यति क्रय विक्रय न करे वैसे बदला भी न करे। वह दम्भ न करे, न कभी असत्य भाषण करे। यति के लिये कर्तव्य कुछ भी नहीं है और यदि वह कुछ करेगा तो अवश्य

उसका पतन होगा, इसलिये संन्यासियों को केवल मनन आदि का ही अधिकार है।

आतुर और कुटीचक को भू लोक की प्राप्ति होती है; बहूदक को स्वर्गलोक की, हंस को तपोलोक की, परमहंस को सत्यलोक की और तुरीयातीत और अवधूत को भ्रमर जैसा एक फूल से दूसरे फूल पर जाता है वा कीट एक पत्ते से अन्य पत्ते पर जाता है वैसे, (इस देह के छूटते ही) स्वरूपानुसंधान से आत्मा में कैवल्य की प्राप्ति होती है।

"जिस २ भाव का स्मरण करते हुए जीव देह का त्याग करता है, उस २ भाव ही को वह प्राप्त होता है।" श्रुतिका कथन अन्यथा नहीं हो सकता।

इसलिये, यह जान कर यति स्वरूपानुसंधान को छोड़ कर और कुछ भी न करे, क्योंकि और कोई भाव होने से उस लोक की प्राप्ति होगी, और ज्ञान वैराग्य संपन्न हो, उसकी इसी देह में मुक्ति होती है। इसलिये और किसी के भी आचार में यति को आसक्ति न होना, यही उसका आचार है।

जिसका जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति में एक ही शरीर है वही आत्मा जाग्रत काल में विश्व, स्वप्न काल में तैजस् और सुषुप्ति काल में प्राज्ञ बनता है। अवस्था भेद से अवस्था के अधिपति का भेद होता है और कार्य भेद ही से कारण भेद होता है।

Scanned by CamScanner

उन अवस्थाओं में चतुर्दश करणों की बाह्य वृत्तियां होती हैं उनका उपादान कारण उनकी आंतर वृत्तियां है। वृत्तियां चार प्रकार को होती हैं—मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। उन २ वृत्तियों के भेद से जीवका पृथक देशी व्यवहार होता है। नेत्र में जाग्रत, कण्ठ में स्वप्न, हृदय में सुषुप्ति और मस्तक में तुरीय अवस्था में जीव रहता है। तुरीय को अक्षर मानकर, जाग्रत अवस्था में सोये हुए के समान जो कुछ देखे सुने, वह सब न देखे न जाने के समान करके जो वर्तता है, वह स्वप्नावस्था में भी वैसा ही अनुभव करता है। उसीको जीवन्मुक्त कहते हैं। उसीकी मुक्ति होती है; यही सब श्रुतियों का कथन है। भिक्षु को इहलोक परलोक की इच्छा नहीं होती और यदि अपेक्षा हो तो वह वैसा ही आचरण करेगा। (परन्तु) स्वरूपानुसंधान छोड़कर अन्य शास्त्रों का अध्ययन करना वैसा ही व्यर्थ है जैसा ऊँट के लिये रोरी का बोझा ढोना। इसलिये यति न योगशास्त्र की प्रवृत्तियां करे, न सांख्य शास्त्र का अभ्यास करे और न मंत्र तंत्र की साधना करे। यदि यति इतर शास्त्रों को प्रवृत्ति करे तो वह उसको शोभा नहीं देतीं। उसकी वह प्रवृत्ति मृत देह के अलंकार के समान ही है। वैसे तो यतिको कर्म का अल्प भी अधिकार है ही नहीं और यदि वह ज्ञान से भी हीन है तो ऐसा यति चमार के समान है। यति प्रणव का मंत्र जप छोड़कर जो कुछ कर्म करता है वह अंडी के तेल के झाग के समान नश्वर फल को जरूर भोगता है। इस-लिये यति ऐसे सब कर्म तथा उनमें आसक्त ऐसे मन रूपी दंड को

त्याग दे और हाथ ही जिसका पात्र है, ऐसा दिगंबर बन कर भिक्षु विचरण करे। वह बाल, उन्मत्त वा पिशाच के समान रहे। मरने की वा जीने की इच्छा न करे; आज्ञा दिये हुए नौकर के समान मृत्यु की यति प्रतीक्षा करता रहे।

तितिक्षा, ज्ञान, वैराग्य और शम आदि गुण जिस यति में न हों, केवल जो भिक्षा मांग कर खाना जानता हो, वह यति समस्त संन्यास की संस्था को हानि पहुँचाता है ॥ १ ॥ दण्ड धारण करने से, सिर मुंडवाने से, वेष धारण करने से या दम्भ करने से मुक्ति नहीं मिलती। इसलिये, जिसने ज्ञानका दण्ड धारण किया हो वही एक यति है ऐसा जानो। परन्तु ज्ञान हीन होते हुए किसी सर्वभक्षी ने काठ का दण्ड धारण कर लिया हो तो ऐसा पुरुष घोर रौरव नरक को प्राप्त होगा ॥ २ ॥ प्रतिष्ठा को महर्षि लोग सूकर की विष्ठा के समान बताते है; इसलिए प्रतिष्ठा का मोह छोड़कर क्षुद्र कीट के समान यति विचरण करे ॥ ३ ॥ बिना मांगे जैसा मिल जाय वही उसका परेच्छा प्राप्त अन्न वस्त्र हो अथवा वह बिना वस्त्र ही रहे। स्नान भी अपनी इच्छा से यति न करे ॥ ४ ॥ जो स्वप्न में भी आत्मा में योग वाला रहता है और जाग्रतावस्था में तो विशेषता से युक्त रहता है, शास्त्र इस प्रकार रहने वालेको श्रेष्ठ और ब्रह्मवादियों में वरिष्ठ बताते हैं ॥५॥ कुछ न मिले तो उसके लिये विषाद नहीं, मिल जाय तो हर्ष नहीं; इस प्रकार इन्द्रियों के विषयों से असंग होकर यति केवल प्राण धारण करे ॥ ६ ॥ जिन लाभों की चाहना उठे उनका सब प्रकार

Scanned by CamScanner

से यति तिरस्कार करे; क्योंकि लाभ की चाहना से यति मुक्त हुआ भी फिर बंधन को प्राप्त होता है ॥ ७ ॥ प्राण यात्रा निमित्त तीन वर्णों के यहां उनका चूल्हा बुझ जाय और वे लोग भोजन करलें उसके पश्चात् योग्य काल में भिक्षु भिक्षा करनेके लिये उनके घर जाय ॥ ८ ॥ यदि योगी पात्र न रखता हो हाथ ही में भिक्षा करता हो, तो उसको एक साथ ही खाना आवश्यक नहीं है; वह बैठकर वा चलते हुए भी खा सकता है; इतना ही है कि वह बीच में आचमन न करे ॥ ९ ॥ शुद्ध अन्तःकरण वाले महापुरुष समुद्र के समान मर्यादा को धारण करते हैं, महापुरुष सूर्य के समान कभी भी नियम का उल्लंघन नहीं करते ॥ १० ॥ जब गाय के समान मुख ही से मुनि आहार ग्रहण करे, तब उसको चाहिये कि वह सबसे सम बुद्धि रखे, (तब ही) वह अमृत (ब्रह्म) होने के योग्य होजाता है ॥११॥ मुनि निंद्यजनों के घर (भिक्षार्थ) न जाय, केवल अनिंद्य पुरुषों ही के यहां (भिक्षा के लिये) जाय और यदि द्वार बन्द हो तो वहां भी न जाय; खुला द्वार हो वहीं जाय ॥ १२ ॥ शून्य गृह में अथवा पेड़ के नीचे रहने वाला, शरीर में धूल लगी है और जिसको प्रिय वा अप्रिय कुछ भी न हो ऐसा मुनि ॥ १३ ॥ जहां पर सूर्य अस्त हो जाय वहीं सोजाय वह न अग्नि रखे न घर में रहे; मन और इन्द्रियों को वश में किये हुए (वह) जो कुछ प्राप्त हो उसी पर अपना निर्वाह करले ॥ १४ ॥ घर छोड़कर वन में रहने वाला, इन्द्रियों को जीतने वाला और सदा ज्ञान यज्ञ (स्वरूपानुसंधान) में रत रहने

वाला जो काल की अपेक्षा करते हुए भ्रमण करता है वह ब्रह्म होने के योग्य है ॥ १५ ॥ सब भूतों को अभय दान देकर जो मुनि विचरण करता है, उसको किसी प्राणी से कभी भय नहीं होता ॥ १६ ॥ वह मान नहीं चाहता और अहंकार भी नहीं करता, द्वन्द्व रहित और निःसंशय बन कर रहता है; न किसी पर क्रोध करता है, न किसी का द्वेष और न कभी असत्य भाषण ही करता है ॥ १७ ॥ पुण्य स्थानों में गमन करने वाला और किसी प्राणी की हिंसा न करने वाला, ऐसा मुनि समय होने पर भिक्षा करे तो उससे उसका परम कल्याण होता है ॥ १८ ॥ मुनि वानप्रस्थ या गृहस्थ आश्रम वालों से सम्बन्ध न रखे। मुनि के आचरण का किसी को पता भी न चलना चाहिये और न इसमें भी उसको हर्ष मानना चाहिये ॥ १९ ॥ क्षुद्र कीट के समान (अज्ञात रूप से) यति दिन में पृथ्वी तल पर घूमा करे । जिसमें आशीर्वाद देना पडे या जिसमें किसी की हिंसा हो ॥ २० ॥ अथवा जिसमें बहुत लोगों का कल्याण हो ऐसे कर्म यति न करे न करवावे । यति असत शास्त्रों में अनुराग भी न रखे, न किसी से वेतन ग्रहण करे। बहुत बोले भी नहीं, तर्क को छोड़े, किसी पक्ष को ग्रहण न करे ॥ २१ ॥ शिष्य न करे, न बहुत ग्रन्थ पढ़े, न व्याख्यान करे, न कोई बड़ा कार्य करने का उद्यम करे ॥ २२ ॥ यति अपना कोई विशेष चिन्ह धारण न करे, न किसी को अपना उद्देश बतावे। विद्वान् मुनि उन्मत्त के समान, बालक के समान, गुंगे के समान अपने को

Scanned by CamScanner

समझे और वैसे ही दूसरों को भी देखे ॥ २३ ॥ न कुछ करे, न कुछ बोले, न किसी का भला बुरा देखे; अपने ही में आनन्द अनुभव करते हुए, इसी वृत्ति से जड़ के समान मुनि विचरण करे ॥ २४ ॥ इन्द्रियों को वश में कर और निःसंग होकर इस पृथ्वी तल पर यति अकेला ही घूमे। आत्मा ही में क्रीडा करे, उसी में प्रेम करे और इस प्रकार आत्मलाभ करके सबमें उसीको देखे ॥ २५ ॥ बुद्धिमान होते हुए भी वह बालक के समान रहे, चतुर होते हुए भी जड़ के समान वर्ताव करे, विद्वान् होते हुए भी पागल के समान बातें करे और वेदज्ञ होते हुए भी वह भिक्षा मांगकर ही खाय ॥ २६ ॥ दुष्ट लोग दोष लगावें, अपमान भी करें, ताने लगावें या ईर्षा करें अथवा मार मारें पकड़ लें या खाने पीने का कष्ट दें ॥ २७ ॥ अथवा शरीर पर मल मूत्र फेंकें; अज्ञ लोग इस प्रकार के अनेक कष्ट दें तो भी अपना कल्याण चाहने वाला यति ऐसे कष्ट में भी दृढ़ बुद्धि रखकर अपना उद्धार करे ॥ २८ ॥ योग की वृद्धि में सन्मान हानिरूप है, इसलिये लोगों से जो योगी अपमान पाता है, उसका योग त्वरित सिद्ध होता है ॥ २९ ॥ योगी अपना आचरण इस प्रकार रखे कि वह सज्जनों से प्रदिपादित धर्म के विरुद्ध न हो और उसका आचरण ऐसा भी हो कि लोग उसका अपमान भी करें और उसके संग रहना पसन्द न करें ॥ ३० ॥ सर्व संग परित्याग करके योगी जरायुज, अण्डज आदि क्षुद्र जीवों का भी मन, वाणी वा कर्म से द्रोह न करे ॥ ३१ ॥ जो काम, क्रोध, घमण्ड, लोभ

मोह आदि दोष समूह को संपूर्ण रूप से त्याग कर परिव्राजक निर्भय रूप से रहे ॥ ३२ ॥ भिक्षा का भोजन, मौन, तप, ध्यान, यथार्थ ज्ञान और वैराग्य इनका आचरण करना यही विशेषतया भिक्षुओं का धर्म है ॥ ३३ ॥ गेरुए वस्त्र धारण करके योगी सदा ध्यानयोग में रत रह कर ग्राम के सीमा प्रदेश में, पेड़ के नीचे अथवा देव मन्दिर में जा रहे ॥ ३४ ॥ नित्य भिक्षा ही से निर्वाह करे। कभी एक ही के यहां भोजन न करे और इस प्रकार चित्त शुद्धि होने तक विद्वान् यति हमेशा विचरण किया करे ॥ ३५ ॥ शुद्ध मन वाला यति विचरता हुआ कहीं भी जाय और बाहर और भीतर सब स्थान पर वह जनार्दन ही देखता रहे ॥ ३६ ॥ वायु के समान शुद्ध पाप रहित रह कर मुनि सर्वत्र विचरण करे। वह क्षमा-शील तथा सुख दुःख में सम रहे और जो हाथ में आवे (अर्थात् पास आजाय) वही खाले ॥३७॥ वैर को छोड़कर ब्राह्मण, गाय, कुत्ता और हिरन आदि में समान रूप से परमात्मा परमेश्वर ऐसे विष्णु की ही मन से भावना किया करे ॥ ३७ ॥ और 'चित्स्वरूप, आनन्दमय ब्रह्म मैं ही हूँ' ऐसा स्मरण किया करे।

इस प्रकार जानता हुआ, मनरूपी दण्ड को धारण करता हुआ, सब आशाओं से निवृत्त होकर दिगम्बर होकर और मन, वाणी, शरीर और कर्म से सब संसार का त्याग कर, प्रपंच से मुख मोड़कर वह स्वरूप का अनुसंधान करता है और कीट जैसे भ्रमर का ध्यान करते करते भ्रमर बन जाता है; वैसे ही वह

Scanned by CamScanner

स्वरूप का अनुसंधान करते करते स्वरूप को प्राप्त हो जाता यानी मुक्त हो जाता है ॥ इति पंचम उपदेश ॥

नारद ब्रह्माजी से बोले, 'भगवन्, आपने कहा कि भ्रमर कीट न्याय से अभ्यास द्वारा यति मुक्त होता है, तो वह अभ्यास कैसे होता है ?' पितामह बोले, 'सत्य भाषण करने वाला (यति) ज्ञान और वैराग्य से एक विशिष्ट देह वाला हो जाय। ज्ञान उसका शरीर हो, वैराग्य जीवन हो शम दम उसके नेत्र हों; मन मुख हो और बुद्धि उसकी कला (तेज) हो, पच्चीस तत्त्व उस शरीर के अवयव हो, पंच महा भूत उसकी अवस्था हो; कर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य ये उसके हाथ पैर हों, जाग्रत, स्वप्न सुषुप्ति और तुरीय ये उसकी अवस्थाएं तथा चौदह करण ये इस शरीर के कादव और स्तंभ (यानी मांस और हड्डियां) हों; इस प्रकार अपने देह को समझकर कीचड़ में फंसी हुई नाव को जिस प्रकार कुशल कर्णधार वश लाता है या हाथी को महावत वश में करता है, इसी प्रकार इस शरीर को भी अपने वश करके, आत्मा को छोड़ कर जो कुछ है सब कार्य रूप है, और नश्वर है, ऐसा जानकर विरक्त पुरुष सदा 'मैंब्रह्म हूँ मेरे सिवाय और कुछ भी जानने योग्य नहीं है' इसी प्रकार (मान कर) व्यवहार करे। इस प्रकार जो पुरुष जीवन्मुक्त होकर रहता है वह कृतकृत्य हो जाता है। 'मैं ब्रह्म नहीं हूँ' ऐसा समझ कर कभी भी वर्ताव न करे। जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति में एकसा 'मैं ब्रह्म हूँ' यही निश्चय रखे। (इस प्रकार) तुरीयवस्था को प्राप्त

कर फिर तुरीयातीत अवस्था प्राप्त करे। जाग्रत दिन, रात्रि स्वप्न और सुषुप्ति मध्यरात्र है इस प्रकार एक अवस्था ही में चार अवस्थाएं हैं और चौदह करणों का व्यापार चक्षु आदि एक एक करण के अधीन है। चक्षु का देखना, कान का सुनना, जिह्वा से रस चाखना, नाक से सूंघना वाणी से बोलना, हाथ से ग्रहण करना, पैर से चलना, पायु से मल त्याग, उपस्थ से आनन्द ग्रहण और त्वचा से स्पर्श, इनके अधीन इनके विषय ग्रहण करने की बुद्धि है। इस बुद्धि से विषय जाने जाते हैं, चित्त से विचार बनता है और अहंकार से (मैं जानता हूँ इस प्रकार) अहंकार धारण करता है। इनको उत्पन्न करने देहाभिमान से जीव बनता है।

घर के अभिमान से जैसा गृहस्थ घर में रहता है वैसा ही जीव इस शरीर में रहता है। वह जब (हृदय) कमल के पूर्व दल में रहता है तब वह पुण्य कर्म करता है, अग्नेय कोण के दल में निद्रा और आलस होता है, दक्षिण दल में वह होता है तब उसमें क्रूरता आ जाती है, नैर्ऋत्य दल में पाप बुद्धि, पश्चिम में क्रीड़ा का प्रेम, वायव्य में गमन करने की बुद्धि होती है, उत्तर में शान्ति और ईशान में ज्ञान होता है; कर्णिका (कमल के बीच का भाग जहाँ बीज होते हैं) में वैराग्य और केसर में आत्म चिन्तवन होता है। इस चक्र को जानकर जीवित अवस्था में पहिली जाग्रत, दूसरी स्वप्न तीसरी सुषुप्ति, चौथी तुरीय और चारों से रहित ऐसी अवस्था को तुरीयातीत जाने।

Scanned by CamScanner

एक ही देव इन चारों अवस्थाओं के साक्षी भूत, विश्व तैजस् प्राज्ञ और तटस्थ, इन भेदों के रूप से भासता है; वही निर्गुण और सबके साक्षी रूप ब्रह्म में हूँ इस प्रकार यति निश्चय करे।

अथवा यों समझे:—जाग्रत अवस्था में जाग्रत आदि चारों अवस्थाएं होती हैं, स्वप्न में स्वप्न आदि चार अवस्थाएं, सुषुप्ति में सुषुप्ति आदि चार अवस्थाएं और तुरीय में तुरीयादि चार अवस्थाएं होती हैं परन्तु निर्गुण ऐसे तुरीयातीत में कोई अवस्था नहीं है। स्थूल सूक्ष्म और कारण देह के अभिमानी विश्व, तैजस् और प्राज्ञ (तथा समष्टि रूप ईश्वर) इनके सब अवस्थाओंका साक्षी तो एक ही है। तटस्थ (अलग रहा हुआ) ही द्रष्टा होता है, अतटस्थ द्रष्टा नहीं होता; क्योंकि जो अलग ही नहीं है वह देखे कैसे ? (इसलिये) द्रष्टा ही कर्तृत्व, भोक्तृत्व अहंकार आदि से युक्त जीव है, जीव को छोड़ कर जो द्रष्टा है वह कर्तृत्वादि से युक्त नहीं होता। यदि कहो कि जीव भी कहां कर्तृत्वादि से युक्त है ? तो वह ठीक नहीं है; क्योंकि जीव के अभिमान ही से शरीर का अभिमान धारण होता है और शरीराभिमान ही से जीवत्व सिद्ध होता है। जीवत्व घटाकाश और महाकाश के समान उपाधि से सिद्ध होता है। उपाधि के कारण ही 'हंसः सोऽहं' इस मंत्र से श्वास प्रश्वास लेकर उसके द्वारा जीव आत्मा का अनुसंधान करता है। इस प्रकार जानकर शरीराभिमान को छोड़ना चाहिए, शरीर में अभिमान जरा भी न रखना चाहिये। जिसको शरीर का अभिमान न हो उसीको ब्रह्म कहते हैं।

सर्व संग परित्याग करे, क्रोध को जीते, अल्प आहार करते हुए इन्द्रियों को वश में रखे और सब इन्द्रिय रूपी द्वारों को रोक कर मन ध्यान में लगावे ॥ १ ॥ शून्य स्थान में, गुहा में अथवा वन में योगी नित्य प्रति नियम से यथाविधि ध्यान करना प्रारंभ करे ॥ २ ॥ योगी कभी भी किसी का अतिथि न बने, न श्राद्ध या यज्ञ में जाय। देव स्थान में यात्रा, उत्सवों में या ऐसा किसी स्थान पर जहां बहुत मनुष्य एकत्र हों सिद्ध चाहने वाला योगी कभी भी न जाय ॥ ३ ॥ जिस करके लोग अपमान और तिरस्कार करें, ऐसा ही योगी वर्ताव करे। परन्तु वह बर्ताव सदाचरण से विरुद्ध न होना चाहिये ॥ ४ ॥ वाग्दण्ड, कर्म दण्ड और मनोदंड यह तीन दण्ड जो नियम से धारण करता है वही महान् यति त्रिदंडी कहलाने योग्य है ॥ ५ ॥ श्रेष्ठ ब्राह्मणों के यहां से, उनका चूल्हा बुझ जाने पर जो यति मधुकरी मांग लाता है वही यति सब यतियों में श्रेष्ठ है ॥ ६ ॥ यति धर्म में प्रेम न रखते हुए जो मनुष्य दण्ड धारण करता है, जो भिक्षा मांगता है परन्तु जिसमें वैराग्य नहीं है वह यति नीचता को प्राप्त होता है ॥ ७ ॥ जिस गृह में अपनी इच्छा के अनुसार भिक्षा मिलती हो, वहां जो यति फिर कभी नहीं जाता. सच्चा वही यति है, अन्य नहीं ॥ ८ ॥ जो शरीर, इन्द्रिय आदि से रहित, सबका साक्षी परमार्थ ज्ञान स्वरूप, आनन्दमय और स्वयंप्रभ ॥ ९ ॥ ऐसे परम तत्त्व को जो जानता है वही वर्णाश्रम के परे अर्थात् संन्यासी होता है वर्णाश्रम आदि इस देह में माया से परिकल्पित

Scanned by CamScanner

है ॥ १० ॥ आत्म बोध रूप मुझमें वे कभी भी नहीं है, इस प्रकार जो वेदान्त के ज्ञान द्वारा जानता है, वह वर्णाश्रम के परे यानी संन्यासी होता है ॥ ११ ॥ आत्म दर्शन से जिसका वर्णाश्रम आचार छूट गया है वह सब वर्णों के परे रहे हुए आत्मतत्त्व में टिका हुआ है ॥ १२ ॥ जो पुरुष वर्णाश्रम के परे रहे हुए अपने आत्मा में टिका हुआ है, उनी को वेदों का रहस्य जानने वाले वर्णाश्रमातीत (संन्यासी) कहते हैं ॥ १३ ॥ इसलिये हे नारद, अन्य में रहे हुए सब वर्ण और आश्रम, अज्ञानियों द्वारा भ्रांति से आत्मा में आरोपित हैं ॥ १४ ॥ हे नारद, ब्रह्म ज्ञानी के लिये, न विधि है न निषेध और न कोई वर्ज्यावर्ज्य का विचार या और कोई वैसी बात है ॥ १५ ॥ सब प्राणीमात्रों के लिये—ब्रह्मा के पद के लिये भी वैराग्य लाभ करके और पुत्र मित्रादि सब में घृणा करके ॥ १६ ॥ श्रद्धालु पुरुष मोक्ष मार्ग में अग्रसर होने के लिये वेदान्त ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा से हाथ में कुछ भेट लेकर ब्रह्मज्ञानी गुरू के पास चला जाय ॥ १७ ॥ दीर्घ काल तक शान्त चित्त से गुरू की सेवा करके उनको संतोष दे और उनसे सदा समाहित चित्त से वेदान्त वाक्यों का अर्थ सुना करे ॥ १८ ॥ ममता और अहंकार का त्याग कर कुछ भी पास न रखते हुए और सदा शांति से युक्त होकर आत्मा को आत्मा में देखे ॥ १९ ॥ संसार में दोष दृष्टि रखने ही से पुरुष को वैराग्य होता है और विरक्त का ही संसार से संन्यास होता है, इसमें कुछ भी संदेह नहीं है ॥ २० ॥ परमहंस मुमुक्षु मोक्ष के

साक्षात् और-एक मात्र साधन रूप ब्रह्मानुभव का वेदान्त के श्रवण आदि से अभ्यास करे ॥ २१ ॥ ब्रह्म का अनुभव प्राप्त करने के लिये परमहंस संन्यासी को शम दम आदि सब साधन सामग्री से युक्त होना चाहिये ॥ २२ ॥ यति वेदान्त के अभ्यास में रत रहने वाला, शम दमादि से युक्त, इन्द्रियों को वश में किया हुआ, ममता और भय से रहित होकर हमेशा निर्द्वन्द्व और निष्परिग्रह रहे ॥ २३ ॥ वह फटे पुराने वस्त्र की लँगोटी पहिना करे और सिर मुंडवा लिया करे, अथवा नग्न ही रहे। बुद्धिमान यति ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके ममता और अभिमान से दूर रहे ॥२४॥ जो ज्ञानी और प्रशान्त पुरुष सब प्राणियों में मित्र के समान ही भाव रखता है वह संसार को तैर जाता है, अन्य नहीं ॥ २५ ॥ गुरु की सेवा के लिये एक वर्ष पर्यन्त (गुरु के पास) रहे और उस समय प्रमाद रहित होकर यम नियम का पालन करे ॥२६॥ उसके पश्चात् सबसे श्रेष्ठ ज्ञान योग को प्राप्त करके धर्म के विरुद्ध न हो इस प्रकार से इस पृथिवी तल पर विचरण करे ॥ २७ ॥ संवत्सर के अन्तमें अत्यन्त श्रेष्ठ ऐसे ज्ञान का योग को प्राप्त करके तीनों आश्रमों का त्याग करे तब वह परमहंस होता है ॥ २८ ॥ असंग होकर और क्रोध को जीतकर मिताहार करते हुए इन्द्रियों को वश में करके गुरूकी आज्ञासे पृथ्वी तल पर घूमा करे ॥२९॥ कर्महीन गृहस्थ और कर्म करने वाला भिक्षुक इन दोनों को संन्यास लेने से वैराग्य नहीं होता ॥ ६० ॥ मद्य के पीने से नशा चढ़ता है, परन्तु युवती स्त्रीके देखते ही नशा चढ़ता है। इसलिये,

Scanned by CamScanner

स्त्री कि जिसकी दृष्टि में ही विष है, दूर ही से त्याग देना चाहिये ॥ ३१ ॥ यति स्त्री के साथ संभाषण न करे और न कोई वार्तालाप करे। स्त्रीको देखना उसका नाच, गाना, हंसना उसकी बकवाद आदि सब उसके लिये वर्ज हैं ॥३२॥ हे नारद, यति के लिये स्नान, जप, पूजा, होम तथा अन्य किसी साधन की आवश्यकता नहीं है तथा यति के लिये न अग्नि होत्र है ॥ ३३ ॥ न अर्चन है, न श्राद्ध तीर्थयात्रा या व्रत है। यति के लिये धर्माधर्म तथा लौकिक विधि या क्रिया कुछ भी उपयोगी नहीं है ॥ ३४ ॥ वह सब कर्म तथा लोकाचारों का संपूर्ण त्याग करे। कृमि कीट या पतंग जैसे छोटे २ जीवोंको तथा वनस्पतियों को भी ॥ ३५ ॥ योगी नष्ट न करे, बुद्धिमान योगी हमेशा परमार्थ की बुद्धि से ही जीवन व्यतीत करे, सदा अन्तर्मुख रहे, स्वच्छ प्रशान्त हृदय वाला बना रहे और अपनी बुद्धि सदा आत्मभाव वाली हो रखा करे ॥३६॥ इस प्रकार भीतर के सब संगको छोड़ कर, हे नारद, इस लोक में विचरा कर। अकेला चलने वाला यति राज सत्ता न चलती हो, ऐसे देश में न जाय ॥ ३७ ॥ यति न स्तुति करे, न नमस्कार करे न श्राद्ध। चल और अचल निवास रखने वाला यति सहज जीवन व्यतीत करे ॥ इति षष्ठ उपदेश ॥

यतियों को कौन से नियम पालन करना चाहिये ऐसा पूछने पर ब्रह्माजी नारदजी की ओर देखकर बोले, विरक्त को चाहिए कि वह वर्षा काल में एक ही स्थान पर रहे और आठों मास अकेला विचरा करे, एक स्थान पर कभी न रहे। भिक्षु सारंग

पक्षी के समान भय के [illegible] एक स्थान पर न रहे, न कोई ऐसा निमित्त ग्रहण करे जो [illegible] उसके विचरण में बाधारूप हो जाय। यति अपने हाथ से न [illegible] तैर कर पार न करे, न कभी पेड़ पर चढ़े न देवताओं का [illegible] उत्सव देखे। यति को एक ही के यहां भिक्षा नहीं करना [illegible]गे। यति बाहर का देवतार्चन न करे (मानस अर्चन कर [illegible] है) अपने को छोड़कर और सबका त्याग करके मधुकरी [illegible]कर जीवन व्यतीत करे। यति कृश बना रहे, मेद बढ़ने न [illegible]। घी को लोह, एकही घर के भोजन को मांस गंध लेपन [illegible] अशुद्धि लेपन, नमकीन पदार्थों को अंत्यज के समान, वस्त्र को [illegible]ठे बर्तन के समान, तेल उबटन लगाना स्त्री सँग के समान, [illegible] आनन्द देने वाला मित्र मूत्र के समान, इच्छा को गोमांस के [illegible]मान, अपना जाना हुआ प्रदेश चाण्डाल के बगीचे के [illegible] स्त्री को सर्प के समान, सुवर्ण को विषके समान, सभागृह [illegible] स्मशान के समान, राजधानी को कुंभीपाक नरक के [illegible] एक स्थान पर भोजन करना मृतों के पिंड खाने के समान [illegible]मझ कर और किसी को मिलना तथा अन्य प्रपंच की प्रवृत्ति [illegible] को यति त्याग दे। अपने देश को तथा एक बार जिसमें [illegible]रण कर चुका हो ऐसे देश को यति छोड़ दे। भूले हुए पदा[illegible] पुनः प्राप्ति होने से जैसा हर्ष होता है वैसा ही आत्मानन्द [illegible] अनुभव करे। देहाभिमान को छोड़ना ही अपने देश को [illegible]ना है ऐसा समझ कर अपने

शरीर को शव के समान त्याज्य समझे और जैसे जेलखाने से छुटा हुआ पुरुष अपने पुत्र, बंधु आदि के स्थान से दूर रहता है वैसा ही यति उनसे दूर रहे।

बिना प्रयत्न जो आहार प्राप्त हो उसका भोजन करे और ब्रह्म प्रणव के ध्यान में लगा रहे, अन्य सब कर्म छोड़ दे। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि को जला कर त्रिगुणातीत, क्षुधा तिपासा आदि छओं ऊर्मियों से रहित और छओं मनो विकारों से रहित होकर रहे। सत्य बोलने वाला, शुद्ध हृदय वाला और किसी की का द्रोह न करने वाला, ऐसा यति ग्राम में एक रात, शहर में पांच रात, क्षेत्र में पांच रात तथा तीर्थ में भी पांच रात रह सकता है। वह स्थिर निवास न करे परन्तु बुद्धि स्थिर रखे और मिथ्या कभी न बोले। यति गिरि कन्दरा में अकेला ही बसे; क्योंकि दो यति एकत्र होने से मिथुन तीन यति एकत्र हो जाने से ग्राम और चार एकत्र होने पर वह नगर होता है, इसलिये यति अकेला ही विचरा करे। भिक्षु अंतःकरण और इन्द्रियों को कभी भी अवसर न दे। ज्ञान वैराग्य आदि संपत्ति की कभी भी कमी न अनुभव करे और उसी में मस्त रहे। आत्मा को छोड़ कर और कुछ भी नहीं है, ऐसा समझ कर दृश्य मात्र को आत्मा में अपने स्वरूप ही देखे। इस प्रकार जीवन्मुक्ति लाभ करके प्रारब्ध से दीखता हुआ दृश्य पसारा नष्ट न हो वहां तक यति अपने चारों प्रकार के स्वरूप को जानकर देह पतन पर्यन्त आत्मानुसंधान से जीवन व्यतीत करे।

कुटीचक तीन बार स्नान करे बहूदक दो बार, हंस एक बार और परमहंस केवल मानस स्नान करे। तुरीयातीत को भस्म-स्नान और अवधूत को वायु से ही स्नान होता है।

कुटीचक ऊर्ध्व (खड़ा) तिलक लगावे, बहूदक त्रिपुण्ड्र लगावे, हंस खड़ा तिलक और त्रिपुण्ड्र दोनों लगावे, परमहंस भस्म रमावे, तुरीयातीत पुण्ड्र और तिलक लगावे अवधूत कुछभी न लगावे।

तुरीयातीत और अवधूत दो दो महीने पर क्षौर करवाते है कुटीचक चार महीने पर और बहूदक, हंस और परमहंस क्षौर ही नहीं करवाते और करवाले तो अयन बदलने पर यानी छः महीने के बाद। तुरीयातीत अवधूत क्षौर करवाते ही नहीं।

कुटीचक एक ही घर का भोजन ले सकता है, बहूदक मधुकरी मांगे, हंस परमहंस पात्र न रखे हाथ ही में भिक्षा करले, तुरीयातीत मुख से करे और अवधूत बिना यत्न जो कुछ आ पहुँचे उसी को खाकर रहे।

कुटीचक के दो वस्त्र होते हैं, बहूदक का एक, हंस के पास वस्त्र का एक टुकड़ा, परमहंस का दिशा ही वस्त्र होता है यानी वे नग्न रहते हैं, अथवा लंगोटी भी पहिनते हैं, तुरीयातीत और अवधूत तो नग्न ही रहते हैं। हंस और परमहंस मृगचर्म रखते हैं और कोई नहीं रखते।

Scanned by CamScanner

कुटीचक और बहूदक देवार्चन करें, हंस और परमहंस मानस पूजा करें और तुरीयातीत और अवधूत 'सोऽहं' भावना करे।

कुटीचक और बहूदक को मन्त्र जपने का अधिकार होता है, हंस और परमहंस को ध्यान करने का अधिकार है, तुरीयातीत और अवधूत दोनों को इनका अधिकार नहीं है उनको तो केवल महावाक्यों के उपदेश का अधिकार है, यह अधिकार परमहंस का भी है।

कुटीचक, बहूदक और हंस को दूसरों को उपदेश देने का अधिकार नहीं है।

कुटीचक बहूदक को शब्दमय प्रणव का अधिकार है; हंस और परमहंस को आन्तर (मानस) प्रणव का और तुरीयातीत अवधूत को ब्रह्मप्रणव का अधिकार है।

कुटीचक बहूदक को श्रवण का, हंस और परमहंस को मनन का, तुरीयातीत और अवधूत को निदिध्यासनका अधिकार है।

आत्मानुसंधान तो सब किसी को करना चाहिये; इसलिये मुमुक्षु यति सर्वदा संसार से तारण करने वाले तारक मन्त्र का स्मरण रखते हुए जीवन्मुक्त होकर रहे और अपने अधिकार विशेष के अनुसार कैवल्य प्राप्ति का उपाय खोजता रहे, यह उपनिषत् है॥ इति सप्तम उपदेश॥

भगवान् ब्रह्माजी से नारद ने कहा, 'भगवन् प्रसन्न होकर संसार तारक मंत्र बताइये!' ब्रह्मा कहने लगे व्यष्टि और समष्टि रूपसेॐही ब्रह्म है। 'व्यष्टि क्याहै और समष्टि क्या है?' संहारप्रणव, सृष्टि प्रणव ऐसे दो प्रकार का तथा अन्तः प्रणव, बहिः प्रणव और उभयात्मक प्रणव ऐसे तीन प्रकारका ब्रह्मप्रणव होता है। व्यावहारिक प्रणव अन्तःप्रणव है; आर्ष प्रणव बाह्यप्रणव हैं, उभयात्मक प्रणव विराट् प्रणव है. संहार प्रणव ब्रह्म प्रणव है वही अर्ध मात्रा प्रणव है। ॐ यह ब्रह्म है। ॐ को एकाक्षर अन्तःप्रणव समझो, उसके आठ भेद हैं; अकार, उकार, मकार, अर्धमात्र, नाद, बिंदु, कला और शक्ति। प्रथम चारों में अकार अयुत अवयव वाला है उकार सहस्र अवयव वाला, मकार सौ अवयव वाला और अमात्र प्रणव अनन्त अवयव वाला होता है।

'विराट् प्रणव सगुण होता है, संहार प्रणव निर्गुण प्रणव है और उभयात्मक प्रणव उत्पत्ति प्रणव है। विराट् प्रणव प्लुत है और लत लत संहार प्रणव है। विराट् प्रणव सोलह मात्रा का और छत्तीस तत्त्वों से परे षोडश मात्रात्मक प्रणव किस प्रकार होता है? अकार प्रथम मात्रा है, उकार द्वितीय, मकार तृतीय अर्धमात्रा चतुर्थ, नाद पांचवीं, बिंदु छठी, कला सातवीं, कलातीत आठवीं, शांति नवमी, शांतातीत दशवीं, उन्मनी ग्यारहवीं, मनोन्मनी बारहवीं, पुरी (या पुरीतती) तेरहवीं मध्यमा चौदहवीं, पश्यन्ति पन्द्रहवीं और परा सोलहवीं है। फिर उसकी चौसठ मात्राएँ भी हैं उन प्रत्येक को पुरुष और प्रकृति भेद से

Scanned by CamScanner

द्विगुणित करने से एक सौ अट्ठाईस भिन्न २ मात्राएं होती है ब्रह्म प्रणव एक होते हुए भी इस प्रकार सगुण निगु णत्व को प्राप्त होकर सबका आधार बनता है। यह परम ज्योति है, यही सबका आधार है, सबका ईश्वर और सबमें व्यापक है। सब देवताओं में यही व्यापक है और सब प्रपंच का अप्रकट आधार यही है। १॥ सब अक्षर (वर्णमाला) वही है, काल वही है, देव वही है, शिव वही है और वेदों में उत्तम वेदान्त भी वही है। सब उपनिषत् वही है और सबको वही एक प्राप्त करने योग्य है ॥ २ ॥ भूत वर्तमान और भविष्यत्में तीनों काल उसी अव्यक्त को प्रकाशित करते हैं, इसलिये उस ॐकार ही को मोक्षदाता मानों ॥३॥ उसी आत्मा को ॐइस शब्द ब्रह्म से वर्णन किया है। वही एक अजर और अमृत तत्त्व ॐ है ऐसा अनुभव करो ॥ ४ ॥ उसमें अपने शरीर के साथ अपना आरोप करके तन्मय होकर यही ॐहै ऐसा जानकर निश्चय करो कि यही तीन शरीर वाला ॐहीपरब्रह्म है ॥५॥ विश्व आदिके क्रमसे परब्रह्मका अनुसंधान करना चाहिये। स्थूलत्व (की उपाधि) से स्थूल भोग भोगने वाला सूक्ष्मत्व से सूक्ष्म भोग भोगने वाला ॥ ६ ॥ अभेदानुभव से आनन्द भोगने वाला यह आत्मा इस प्रकार चार प्रकारका है। चार पाद वाला यह आत्मा जाग्रत अवस्था में स्थूल के अभिमान वाला होकर स्थूल का बोध करने वाला और विश्व (स्थूल जगत) को भोग करने वाला ॥ ७ ॥ उन्नीस मुखवाला आठ अंगवाला सर्व व्यापक और ईश्वर है। स्थूल भोग भोगने वाले इस चतुरात्मा को

ही विश्व, वैश्वानर या पुरुष कहते हैं ॥ ८ ॥ यही विश्व जित् है, और यही आत्मा का प्रथम पाद है। स्वप्न स्थान में वही आत्मा सूक्ष्म का अभिमानी होता है। हे परंतप, वह सूक्ष्म प्रज्ञ अपने ही में आठ अंगों की कल्पना करता है वहां वह एक ही होता है और कोई नहीं होता ॥ ९ ॥ सूक्ष्म भोग भोगने वाला तैजस् ऐसा यह आत्मा भूतों का अधिपति है; इसको हिरण्यगर्भ कहते हैं स्थूल के भीतर होता है। यह आत्माका दूसरा पाद है ॥ १० ॥ जहां सोने पर किसी की इच्छा नहीं करता, न स्वप्न देखता है, ऐसी अवस्था में वह सुषुप्त है ॥ ११ ॥ सुषुप्त अवस्था में रहा हुआ यह सब स्थान से हट कर एक ही स्थान में आता है, इसी लिये इसको प्रज्ञान घन कहते हैं, यहां यह सुखी होता है, नित्यानंदमय होता है, यह सब जीवों के अन्दर रहा हुआ होता है ॥ १२ ॥ वही आनन्द का भोग करने वाला चैतन्य के मुख वाला सर्व व्यापक अव्यय है। यही चार पाद वाले आत्मा का प्राज्ञ नामक तीसरा पाद है ॥ १३ ॥ यही सर्वेश्वर है यही सर्वज्ञ है सूक्ष्म का भी कारण है, यही अन्तर्यामी है और यही सबकी उत्पत्ति और लय का कारण हैं। ॥ १४ ॥ ये तीनों अवस्था, सब प्राणियों के मोक्ष में विघ्नरूप हैं; क्योंकि जैसा सुषुप्त वैसाही स्वप्न केवल माया का ही विकार है ॥१५ ॥ चतुर्थ पाद में रहा हुआ चार पाद वाला आत्मा होते हुए भी यहां यह सत् चिदरूप एक रस है। यही तुरीय अवस्था में ऊपर की तीनों अवस्था का आधार होने से ॥ १६ ॥ यही ज्ञाता (जाग्रत का

Scanned by CamScanner

बोध करने वाला) अनु ज्ञाता (स्वप्न का बोध करने वाला) आदि विकल्पों का हेतु होता है और यह तीनों विकल्प सुषुप्त और स्वप्न अवस्था में भी होते हैं ॥ १७ ॥ इन सब को माया मात्र समझ कर सच्चिद् रूप एक रस, ऐसा आत्मा इनसे भिन्न है ऐसा जानो। वह न स्थूल को जानता है ॥ १८ ॥ न सूक्ष्म को जानता है, न वह ठीक २ जानने वाला हीं है और हे मुनि, न उसको न जानने वाला भी कह सकते हैं न वह भीतर जानता है न बाहर ॥ १९ ॥ उसको न जानने वाला नहीं कह सकते, वैसे वह प्रज्ञानधन भी नहीं (क्योंकि प्रज्ञानधन विविक्त ज्ञान की अपेक्षा ही से कहा जाता है) वास्तव में तो उसका कोई लक्षण ही नहीं है, न उसका ग्रहण हो सकता है। वह अव्यवहार्य अचिंत्य और अकथनीय है और केवल आत्मानुभव स्वरूप है, प्रपंच के निरास रूप, शिव, शान्त और अद्वैत है। यही चतुर्थ पाद है, यही ब्रह्म प्रणव है. इसी को जानना चाहिये और अन्य को नहीं। यह तुरीय आत्मा सदा सूर्य के समान प्रकाशता रहता है और मुमुक्षुओं के आधार रूप यह स्वयं ज्योति और ब्रह्माकाश रूप तुरीय परब्रह्मरूप सदा विराजमान रहता है। यह उपनिषत् है। ॥ इति आठवां उपदेश ॥

नारदजी ने ब्रह्माजी से पूछा कि ब्रह्म का स्वरूप कैसा होता है। ब्रह्माजी ने ब्रह्म का स्वरूप कैसा होता है वह इस प्रकार बताया :—यह अन्य है और मैं अन्य हूँ' ऐसा जो जानते हैं वेही पशु है, न कि वे जो पशु योनि में जन्मे हुए हैं। इस प्रकार जान कर विद्वान् मृत्यु से मुक्त होजाता है। मोक्ष के लिये और कोई

मार्ग नहीं है। काल, स्वभाव, नियति, यदृच्छा (संयोग) भूत, प्रकृति और पुरुष (इनमें से कौन ब्रह्म है) इसका विचार करना चाहिये। इन सबका समुदाय ब्रह्म नहीं हो सकता क्योंकि (इनका आधार) आत्मा है, सुख दुख के होने से आत्मा भी ब्रह्म नहीं है ॥ १ ॥ ध्यान योग करने वालों ने उस दैवीशक्ति (ब्रह्म) को अपने गुणों से छुपी हुई ऐसी देखी है जो काल से लेकर आत्मा तक जितने कारण रूप प्रतीत होते हैं सबका एक ही अधिष्ठान है ॥ २ ॥ जिसको एक नेमि (नाय) है, तीन आवर्त, सोलह सिरे (धारें), पचास आरे, बीस छोटे आरे अड़तालीस कीलें और अनेक रूप वाली एक रस्सी है जो तीन प्रकार से चलने वाला और दो निमित्तों से परिवर्तन होने वाला है (ऐसा यह ब्रह्म चक्र) ॥ ३ ॥ जो पांच स्रोत वाली और पांचों का उत्पत्ति स्थान है, जिसका मुख कराल है, पांच प्राण जिसके ऊर्मि रूप है, जो पांच प्रकार के अन्तःकरण का आधार है, जिसमें पांच आवर्त है और पांच दुख के प्रवाह जिससे बहते हैं ऐसे पाँच विभाग वाले नदी (नदी रूप ब्रह्म) का हम चिन्तन करते हैं ॥ ४ ॥ सबका जीवन और सबके आधार रूप उस बृहत् ब्रह्म चक्र में हंस (आत्मा) भ्रमण करता है। जब अपने को वह उससे पृथक् द्रष्टा स्वरूप मानता है तब वह अमृतत्व को प्राप्त होता है ॥५॥ यही उद्गीथ (ॐकार) और यही परब्रह्म है। उसीमें तीनों (उत्पत्ति स्थिति और प्रलय) दीखते हैं वही अपनी प्रतिष्ठा है यानी उसका और कोई आधार नहीं है और वह अक्षर

Scanned by CamScanner

है। ब्रह्म ज्ञानी उसको जानकर उसके परायण होते हुए उसी में लीन हो जाते हैं॥ ६॥ क्षर और अक्षर और व्यक्त और अव्यक्त दोनों का ईश्वर पालन करता है। जो आत्मा, भोक्ता का भाव धारण करता है वह बंधन को प्राप्त होता है वह जीव है। जब वह परब्रह्म को जानता है तब वही सब पापों से मुक्त हो जाता है॥ ७॥ एक ज्ञानवान् और दूसरा अज्ञ, एक ईश्वर और दूसरा जीव ऐसे दो अज (अनादि अजन्मा अथवा भेड़) हैं, एक अजा (माया) भोक्ता के भोग के लिये है। आत्मा विश्व रूप अनन्त और अकर्ता है, तीनों को जब कोई जानता है तब वह ब्रह्म हो जाता है॥ ८॥ प्रधान क्षर है, अमृत रूप ईश्वर अक्षर है। इस क्षर और अक्षर दोनों का एक ही देव नियंत्रण करता है। उस देव का ध्यान करने से, उसके साथ तन्मय हो जाने से और उसकी बार २ भावना करने से अन्त में इस विश्व रूपिणी माया से निवृत्ति हो जाती है॥ ९॥ ब्रह्म को जानने से सर्व बन्धनों से मुक्ति होती है, क्लेश क्षीण हो जाते हैं और जन्म मृत्यु निवृत्त होजाते हैं। उसका ध्यान करने से देह छूटने के पश्चात् आत्मपद की इच्छा करने वाले अनासक्त पुरुष को समस्त ऐश्वर्य वाले ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है॥१०॥ इस ब्रह्म को सदा अपने ही में देखना चाहिये। इससे आगे अब कुछ जाने योग्य नहीं है। भोक्ता, भोग्य और प्रेरक इनका विचार करके ये सब त्रिविध ब्रह्म ही है ऐसा कहते हैं॥ ११॥ आत्मज्ञान और तप से ही उस श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होती है। जो इस

प्रकार जान कर स्वरूप ही का चिन्तवन करता है उसी एक भाव को सर्वत्र देखता है फिर उसको शोक और मोह कहां!॥ १२॥ इसलिये विराट् ही वर्तमान भूत और भविष्यत् में एकसा और अनश्वर (नाश रहित) स्वरूप है वह अणु से भी अणु और महान् से भी महान् आत्मा प्राणी मात्र के हृदय रूपी गुहा में छुपा हुआ है। ईश्वर के अनुग्रह से उस महान् और अकृत यानी यज्ञादि कर्म रहित ऐसे ईश्वर को शोक रहित होकर(कोई) देख पाता है॥ १३॥ उसको हाथ और पैर नहीं है परन्तु वह ग्रहण करता है और चलता भी है कान और आंख नहीं है तो भी सुनता और देखता है, वह सब वेद्य जगत को जानता है परन्तु उसको कोई नहीं जानता उसी महान् और श्रेष्ठ पुरुष को जानो॥ १४॥ नाशवान् शरीरों में स्थित होते हुए भी जो शरीर से रहित और अक्षय है, ऐसे महान् और व्यापक आत्मा को जान कर वह फिर शोक को प्राप्त नहीं होता॥ १५॥ वह सबका धारण करने वाला है, उसकी शक्ति अचिंत्य है और वेदान्त से ही वही जाना जा सकता है। उसी को पर से पर जानो। सब के अवसान होने पर जो शेष रहता है उसी को ब्रह्म जानना चाहिये॥ १६॥ वह सर्वज्ञ है, सब से पुराना है, उत्तम पुरुषों से भी उत्तम है, सबका ईश्वर है और सब देव उसकी उपासना करते हैं। उसका आदि, मध्य और अन्त नहीं है, वह अनन्त अव्यय, शिव, विष्णु और ब्रह्मा है॥ १७॥ पंचात्मक और पांचों में वर्तमान ऐसा यह सब प्रपंच उसी में है, अनंत भव प्रपंच उसी ने पंचीकृत किये हैं, परन्तु पंचीकृत अव-

Scanned by CamScanner

यवों से वह आवृत नहीं हुआ है जो पर से भी पर महान् अपने ही तेज वाला शाश्वत और शिव है॥ १८ ॥ जिसने अभी दुराचरण त्यागा नहीं है, जो अशान्त और अस्थिर चित्त वाला है अथवा जिसका चित्त अशान्त है वह केवल प्रज्ञा से उसको जान नहीं सकता॥ १९ ॥ वह न भीतर जानता है न बाहर स्थूल हैं न सूक्ष्म न ज्ञान है न अज्ञान न उभय प्रकार जानने वाला है, वह इन्द्रियों से ग्रहण नहीं किया जाता और न वह शब्द से कथन किया जा सकता है। वह अपने में रहा हुआ अपना आप ही है ऐसा जो जानता है वही मुक्त होता है, निश्चय वह मुक्त होता है, ऐसा भगवान् ब्रह्माजी ने कहा। अपने स्वरूप को जानता है वही परिव्राजक है, ऐसा परिव्राजक अकेला विचरता है और भयभीत हिरन के समान रहता है; विचरना कभी बन्द नहीं करता। अपना शरीर छोड़कर और सबका त्याग करता है और मधुकर वृत्त से स्थित होकर सब में अनन्य बुद्धि रखकर अपने स्वरूप का अनुसंधान करता हुआ वह अपने ही में मुक्त होता है। वह परिव्राजक न कुछ करता है न कराता है। गुरु शिष्य और शास्त्रादि से वह विमुक्त है; सब संसार को छोड़कर जो निर्मोह होजाता है उसको निर्धन कैसे कहें? जो सुखी है धनवान है ज्ञान और अज्ञान दोनों से परे है सुख दुख से परे है, स्वयं ज्योति प्रकाश है, सबको जानने योग्य सर्वज्ञ सर्व सिद्धदाता सर्वेश्वर है, वही मैं हूँ, वही विष्णु का परमपद है। उसको प्राप्त करके योगी लोग

लौटते नहीं। जिस स्थान को सूर्य चन्द्र प्रकाश नहीं दे सकते जहाँ से वह लौटता नहीं, कभी भी लौटता नहीं, वही कैवल्य है, यह उपनिषत् है॥ इति नवम् उपदेश॥

॥ इति नारद परिव्राजकोपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

उपनिषत्

द्वितीय भाग।

॥ शान्ति पाठ ॥

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

यह पूर्ण है, वह पूर्ण है, पूर्ण से पूर्ण बनता है, पूर्ण में से पूर्ण ले लेने से पूर्ण ही शेष रहता है। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

ॐ सह नाववतु। सहनौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

वह हम दोनों का रक्षण करे, वह हम दोनों का पालन करे, हम दोनों एक साथ सामर्थ्य को प्राप्त हो, हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम परस्पर द्वेष न करें। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानिवाक् प्राणचक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मोपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु। तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु॥ॐशांतिःशांतिः शांतिः

मेरे अंग वृद्धि को प्राप्त हों, वाणी, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, बल और सब इन्द्रियां वृद्धि को प्राप्त हो। सब उपनिषत् ब्रह्म है। मुझसे ब्रह्म का त्याग न हो और ब्रह्म मेरा त्याग न करे, कभी मेरा त्याग न करे। उसमें रत हुए मुझको उपनिषत् में प्रतिपादित धर्म को प्राप्ति हो, ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे माप्रहासीरनेनाधीतेनाहो-

Scanned by CamScanner

रात्रान्संदधाम्यृतंबदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ॥ॐशांतिः शांतिः शांतिः

मेरी वाणी मन में स्थित हो, मेरा मन वाणी में स्थित हो। हे स्वप्रकाश ब्रह्म, तुम मुझे प्रगट हो, मुझे ज्ञान प्राप्त हो। मेरा श्रवण किया हुआ मुझसे भुलाओ नहीं, मैं रात दिन पढ़े हुए का अनुसंधान करता हूँ। मैं शास्त्रानुसार भाषण करूंगा, मैं सत्य भाषण करूंगा। वह मेरी रक्षा करें, वक्ताकी रक्षा करें, मेरी रक्षा करे तथा वक्ताकी रक्षा करे।

ॐभद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः॥स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥ ॐशांतिःशांतिः शांतिः

हे देव, हम कान से कल्याण की बातें सुनें, आखों से कल्याण देखें, दृढ़ अंगों से तथा शरीर से अपनी ईश्वर प्रदत्त आयु हम तुम्हारी स्तुति करते हुए व्यतीत करें।

नमन

ॐ नारायणं पद्मभवं वसिष्टं शक्तिं च तत्पुत्रपराशरं च। व्यासं शुकं गौडपदं महान्तं गोविंदयोगोन्द्रमथास्य शिष्यम् ॥१॥

श्रीशंकराचार्यमथास्य पद्मपादं च हस्तामलकं च शिष्यम्॥ तं त्रोकटं वार्तिककार-मन्यानस्मद्गुरून्संततमानतोऽस्मि ॥२॥

नारायण, ब्रह्मा, वसिष्ठ, शक्ति तथा उनका पुत्र पराशर व्यास, शुक, गौडपाद, गोविंद योगीन्द्र तथा उन के शिष्य श्री शंकराचार्य तथा उनके शिष्य पद्मपाद, हस्तमलक, त्रोटकाचार्य और वार्तिककार सुरेश्वराचार्य तथा अन्य सद्गुरुओं को मेरा सदा नमस्कार हैं।

श्रुतिस्मृतिपुराणानामलयं करुणालयम्॥ नमामिभगवत्पादं शंकरं लोकशंकरम् ॥२॥

श्रुति, स्मृति और पुराण के मर्मज्ञ, जगत के कल्याणकर्ता! करुणासागर भगवत्पाद श्री शंकराचार्य को मेरा नमस्कार है॥

शंकरं शंकराचार्यं केशवं बादरायणम्। सूत्रभाष्यकृतौ बन्दे भगवन्तौ पुनः पुनः॥

शंकर स्वरूप शंकराचार्य हैं तथा विष्णु स्वरूप बादरायण हैं। इस प्रकार इन सूत्रकार और भाष्यकार महात्माओं को मेरा बार बार नमस्कार है।

Scanned by CamScanner

उपनिषत्।

द्वितीय भाग।

वराहोपनिषत्।

एक बार महामुनि ऋभु ने देवताओं के बारह वर्ष पर्यन्त तपश्चर्या की। तपस्या के अन्त में भगवान् वराहरूप से प्रकट हुए। वराह भगवान् उससे बोले 'उठ, उठ, वर मांग !, ऋभु उठ खड़ा हुआ और भगवान् को नमस्कार कर के बोला 'भगवन्, कामी लोग जिसकी कामना करते हैं, ऐसे तुच्छ भोग पदार्थों की मैं आप से याचना नहीं करता। समस्त वेद, शास्त्र, इतिहास और पुराण, अन्य सब कठिन विद्यायें तथा ब्रह्मा आदि देव गण भी कहते हैं कि आपके स्वरूप के ज्ञान से मुक्ति होती है। इसलिये आप अपने स्वरूप का प्रतिपादन करने वाली ब्रह्म

विद्या का मुझे उपदेश दीजिये।, 'अच्छा' कह कह वराह भगवान् बोलने लगे—

कोई तत्त्ववादी चौवीस तत्त्वों का प्रतिपादन करते हैं, तो कोई छत्तीस तत्त्वों का, तो अन्य छियान्नवे तत्त्वों का प्रतिपादन करते हैं, ॥ १ ॥ उनको क्रम से सुनाता हूँ, सावधानता पूर्वक श्रवण कर। श्रोत्र, त्वचा, चक्षु आदि पांच ज्ञानेन्द्रिय हैं॥ २॥ वाणी, हाथ, नाक आदि पाँच कर्मेंद्रिय हैं। पांच प्राण हैं तथा शब्दादि पाँच विषय हैं॥ ३ ॥ मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार यह अन्तःकरण चतुष्टय है। ये चौवीस तत्व हैं, ऐसा ब्रह्मवादी लोक कहते हैं ॥४॥इन तत्वों के साथ पृथिवी, आप, तेज, वायु और आकाश ये पांच पंची कृत भूत ॥ ५ ॥ स्थूल, सूक्ष्म और कारण ये तीन देह, जाग्रत् स्वप्न, सुषुप्ति ये तीन अवस्थाएँ (तथा आत्मा—क्योंकि आत्मा न लेने से पैंतीस ही होते हैं) इन सब को मिलाकर बुद्धिमान मुनि छत्तीस तत्व मानते हैं। पूर्वोक्त तत्वों में आगे दिये हुए तत्व मिलाये जांय॥ ६-७॥ उत्पन्न होना, बढ़ना, परिणाम को प्राप्त होना, क्षीण होना और नाश को प्राप्त होना, ये छः पदार्थों के विकार हैं॥ ८॥ भूख, प्यास, शोक, मोह, जरा और मरण (मरण भय) ये छः ऊर्मियां हैं। अब छः कोशों को कहता हूँ—॥९॥ त्वचा, रक्त, मांस मेद, मज्जा और अस्थि ये छः कोश हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर॥ १० ॥ ये छः शत्रु हैं। विश्व, तैजस और

Scanned by CamScanner

प्राज्ञ ऐसे तीन प्रकार के जीव हैं और सत्व, रज और तम ये तीन गुण हैं ॥११॥ प्रारब्ध, आगामी और संचित ऐसे तीन प्रकार के कर्म कहे हुए हैं। बोलना, ग्रहण करना, चलना, मल विसर्जन करना और आनंद ये कर्मेंद्रियों के पांच विषय हैं ॥१२॥ संकल्प, अध्यवसाय (निश्चय) अभिमान और स्मृति (ये अंतःकरण के धर्म हैं) मुदिता, करुणा, मैत्री और उपेक्षा ये चार तथा ॥ १३ ॥ दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनीकुमार अग्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, मृत्यु, चंद्र, ब्रह्मा, रुद्र, क्षेत्रज्ञ और ईश्वर ॥१४॥इन सब तत्वों को मिलाने से छियान्नवे तत्वों की संख्या हो जाती है। पूर्वोक्त तत्व समूह से जो भिन्न और निर्दोष है ॥१५॥ऐसे मुझ वराहरूपी (सत्य) को जो भक्ति पूर्वक भजते हैं, उनका अज्ञान दूर हो जाने से वह जीवन्मुक्त हो जाते हैं ॥१६॥ जो इन छियान्नवे तत्वों को जानते हैं, वे किसी भी आश्रम में क्यों न हो, वे जटाधारी ब्रह्मचारी हों, सिर घुटवाने वाले संन्यासी हों अथवा शिखा धारण करने वाले गृहस्थ हों, वे मुक्त हो जाते हैं, इसमें अल्प भी संशय नहीं है ॥१७॥ इति प्रथम अध्याय ॥

ऋभु नामक महायोगी ने वराह रूपधारी विष्णु से कहा, 'हे भगवन्' मुझे उच्च प्रकार की ब्रह्म विद्या का उपदेश दीजिये ॥१॥ इस प्रकार प्रश्न करने पर भक्त के दुःख दूर करने वाले भगवान् बोले—'अपने वर्णाश्रम धर्म के अनुसार चलने

से, तप से तथा गुरु को प्रसन्न करने से ॥२॥ पुरुष में वैराग्य आदि साधन चतुष्टयकी सिद्धि होती है। नित्यानित्य का विवेक, इस लोक के परलोक के भोगों में राग का अभाव ॥३॥ शमादि षट् सम्पत्ति और मुमुक्षता इनका अभ्यास करे। इस प्रकार के अभ्यास से जितेन्द्रिय होकर सर्वत्र ममत्व बुद्धि का ॥४॥ त्याग करके, मैं जो साक्षी चैतन्य हूँ, उस मुझ में अहं बुद्धि धारण करे।

दुर्लभ मनुष्य देह प्राप्त हो, फिर उसमें भी पुरुष का शरीर हो ॥५॥ और उसमें भी ब्राह्मण हो और फिर भी वेदान्त के श्रवण आदि से वर्णाश्रम से पर ऐसे सच्चिदानन्द रूप महा विष्णु के स्वरूप को ॥६॥ जो नहीं जानता, वह फिर कब मुक्त होगा ? मैं ही एक सुख रूप हूं और कुछ है ही नहीं और यदि है, तो वह सुख रूप नहीं है ॥७॥ जो पदार्थ आत्मार्थ नहीं है, वह प्रिय नहीं होता और आत्मार्थ होता है, वह स्वाभाविक ही प्रिय होता है। आत्मा सब से अधिक प्रिय होने ही से 'मैं न होऊँ' ऐसा कभी भी (भाव) नहीं होता ॥८॥ 'सर्वदा ही बना रहूँ' ऐसा भाव होता है। इस प्रकार का जो द्रष्टा है वह, हे मुनीश्वर, मैं विष्णु हूँ। 'मैं प्रकाश नहीं हूं' ऐसा कहना ही जिसके प्रकाश का एक मात्र प्रतिबन्ध है ॥ ९ ॥ ऐसे स्वप्रकाश आत्मा को अज्ञान किस प्रकार स्पर्श कर सकता है ? स्वयं प्रकाश और निराधार ऐसे आत्मा को जो जानते हैं, हे

Scanned by CamScanner

मुनीश्वर, ॥१०॥ वे ही विज्ञान संपन्न हैं, ऐसा मेरा दृढ़ निश्चय है। अपने पूर्ण आत्मा के अतिरिक्त जगत्, जीव तथा ईश्वर आदि ॥११॥ कोई है ही नहीं और न माया भी है। मैं सब से विलक्षण हूँ। कर्मधर्मादि लक्षणवाला अन्धतमरूप अज्ञान ॥१२॥ मुझ स्वयंप्रकाश आत्मा को छू नहीं सकता। वर्ण और आश्रम से रहित सबके साक्षिरूप आत्मा को ॥१३॥ जो ब्रह्म रूप देखता है, वह स्वयं ब्रह्म ही हो जाता है। यह जितना भासमान जगत् है, वह ज्ञानरूप परम पद ही है ॥ १४ ॥ ऐसा जब वेदान्तज्ञान से देखने लगता है, उसी क्षण वह मुक्त हो जाता है। मैं देह हूँ, इस ज्ञान का बाध करने के लिये, मैं देह हूँ, यह जितना दृढ़ होता है ॥ १५ ॥ उतना ही दृढ़ जब, मैं आत्मा हूँ, ऐसा ज्ञान हो जाय, तब वह न चाहे तो भी उसका मोक्ष हो जाता है। जो सत्य, ज्ञान और आनन्द से पूर्ण है, तम रूप अज्ञान से पर है, ॥१६॥ ऐसे आनन्दरूप ब्रह्म ही को जो सदा देखता रहता है, वह कर्मों के बन्धन को किस प्रकार प्राप्त हो सकता है? तीनों लोकों का जो साक्षी है, जिसके सत्य, ज्ञान और आनन्द आदि लक्षण हैं, ॥१७॥ जो 'तू' और 'मैं' इन शब्दो का लक्ष्य पदार्थ है, सब दोषों से दूर हैं, सर्व व्यापक है, ऐसे सच्चिदानन्द स्वरूप आत्मा को ज्ञान दृष्टि वाला देखता है ॥१८॥ जैसे अन्धा प्रकाशमान सूर्य को देख नही सकता, वैसे अज्ञान की दृष्टि वाला सत्य और ज्ञान के लक्षण

वाले ब्रह्म को, वह स्वयं ज्ञान स्वरूप होते हुए भी, नहीं देख सकता ॥१९॥ इस प्रकार के ब्रह्मज्ञान के होने ही से मनुष्य अमृतत्व को प्राप्त होता है। ऐसे द्वन्द्व रहित, निर्गुण और आनन्दस्वरूप सच्चिद्घन ब्रह्म को ॥२०॥ अपना स्वरूप जान कर फिर वह किसी से नहीं डरता। सर्वव्यापक, नित्य, परिपूर्ण चिन्मात्र सुख स्वरूप, अद्वय ॥२१॥ ऐसा एक ब्रह्म ही है और कुछ भी नहीं है, यही ब्रह्म ज्ञानियों की निष्ठा होती है। यह जगत् जो अज्ञानियों को अनन्त दुःख देनेवाला है, वही ज्ञानियों को आनन्दमय हो जाता है ॥२२॥ अन्धों के लिये यह जगत् अन्धकार से भरा हुआ है; परन्तु जिनकी आँखें अच्छी है, उनके लिये वह प्रकाश से युक्त है। अनन्त, सच्चिदानन्द ऐसे मुझ वाराह रूप में ॥२३॥ स्थिति प्राप्त करने से वह अद्वैत भाव को प्राप्त हो जाता है, फिर उसके लिये बन्ध क्या पदार्थ है और मोक्ष भी किस का होगा? सब्र देह धारियों का स्वरूप तो हमेशा शुद्ध चैतन्य ही है ॥२४॥ न कि घट के समान स्थूल रूप से दीखने वाला देहादिसंघात उसका स्वरूप है। जो चराचर जगत् अपने से भिन्न प्रतीत होता है ॥ २५ ॥ उसको अपना ही स्वरूप जान कर, वही मैं हूँ, ऐसा निश्चय कर स्वस्वरूप अपना ही भोग करता है, भोग करने के लिये अपने से भिन्न कोई पदार्थ नहीं है ॥ २६ ॥ यदि किसी का अस्तित्व है, तो वह अस्तित्वलक्षण एक ब्रह्म ही का है। ब्रह्मज्ञान संपन्न

Scanned by CamScanner

पुरुष यह समस्त प्रतीत होने वाला जगत् ॥ २७ ॥ देखते हुए भी नहीं देखता और मेरे स्वरूप को जानता है, वह कर्मों से बन्ध को प्राप्त नहीं होता ॥ २८ ॥ जो शरीर, इन्द्रिय आदि से रहित सब का साक्षी परमार्थरूप, एक, विज्ञानमय सुखस्वरूप, स्वयंप्रकाश ॥ २९ ॥ ऐसे सर्वस्वरूप ब्रह्म को अनुभवद्वारा अपना स्वरूप ही जानता है, वही धीर है, वही जानने योग्य (ब्रह्म) है, वही मैं हूँ और हे ऋभु, वही तू हो जा ॥ ३० ॥ प्रपंच का अनुभव हमेशा नहीं होता, परन्तु अपने स्वरूप का अनुभव सदा हुआ ही करता है, ऐसा जानकर वह पूर्ण ज्ञानी हो जाता है, उसके लिये न बंध मोक्ष है और न वह बद्ध ही है ॥ ३१ ॥ स्वस्वरूपानुसंधान से सब भूतों में विहार करने वाले सब के साक्षीरूप मेरा जो मुहूर्त भर चिन्तन करे, वह सब बन्धनों से मुक्त हो जाता है ॥ ३२ ॥

सब भूतों के आंतर में स्थित, नित्य मुक्त, चैतन्य स्वरूप, प्रत्यक् चैतन्यरूप मुझ ही को नमस्कार है ॥ ३३ ॥ हे भगवन्, तू मैं हूँ, मैं हो, हे देवता, तू है। अनन्तरूप तुझको तथा मुझको एवं चैतन्य रूप मुझको और तुझको ॥ ३४ ॥ नमस्कार है। मुझ परमेश्वर को नमस्कार है, शिवरूप तुझको नमस्कार है। (अब) मैं क्या करूं, कहाँ जाऊं, क्या ग्रहण करूं और क्या छोड़ूं ॥३५॥ क्योंकि, यह सब विश्व मुझ से ऐसा व्याप्त है, जैसा महाकल्प के अन्त में सब विश्व जलमय होता है।

जो पुरुष अतःसंग को, बहिःसंग तथा आत्मसंग को छोड़ता है, वह सर्वसंग से निवृत्त हुआ मुझ ही को प्राप्त होता है, इस में कुछ भी संशय नहीं है ॥ ३६ ॥ जैसे सर्प से दूर रहते है, वैसे वह जनसमाज से दूर रहता है। विरागवान पुरुष काम का त्याग करने से सुन्दर स्त्री को मृत शरीर के समान छोड़ देता है। जो विषयों को विष समझ कर दूर ही से त्याग देता है, ऐसा परम-हंस पुरुष जगत में रहने वाला, मैं वासुदेव ही हूँ ॥३७॥ यह सत्य है, यह सत्य है, यह सत्य है, कि जो यहां कथन करता हूँ कि मैं सत्य परब्रह्म हूँ, मुझको अन्य कुछ भी नहीं है ॥ ३८ ॥

जीवात्मा और परमात्मा का जो समीप वास है (उप-समीप) वही उपवास है ऐसा जानना चाहिये न कि काया को सुखाना उपवास है ॥ ३९ ॥ अज्ञानियों के शरीर को सुखाने से भी क्या लाभ ? क्या कहीं बांबी को ही पीटने से सर्प मरता है ? ॥ ४० ॥ ब्रह्म है, ऐसा यदि ज्ञान हो तो वह परोक्ष है और मैं ब्रह्म हूँ इस प्रकार ज्ञान हो तो उसको साक्षात्कार कहते हैं ॥ ४१ ॥ जिस काल से योगी अपने केवलस्वरूप आत्मा को जानता है, उसी काल से वह जीवन्मुक्त हो जाता है ॥ ४२ ॥ मैं ब्रह्म हूँ, ऐसा ज्ञान ही मोक्षका हेतु है, ऐसा महात्माओं का निश्चय है। बन्ध मोक्ष के कारण दो ही शब्द हैं; मम (मेरा) और निर्मम (मेरा नहीं) ॥ ४३ ॥ ममत्व से प्राणी बंध को प्राप्त होता है। एवं ममता के त्याग से वह मुक्त हो जाता है।

Scanned by CamScanner

बाह्य चिन्ता नहीं करनी चाहिये, वैसे ही आंतर चिन्ता का भी त्याग करना चाहिए। इस प्रकार सब चिन्ता का त्याग करके, हे ऋभो, तू स्वस्थ हो जा ॥ ४४ ॥ केवल संकल्प के उठने ही से जगत् की प्रतीत होती है और संकल्प के होने ही से जगत् का खेल बना रहता है। इसलिये, इस केवल संकल्पमय जगत् को त्याग कर विकल्परहित पद का आश्रय कर। उस अहंपद के लक्ष्य की हृदय में भावना कर ॥ ४५ ॥ मेरा ही चिन्तन कर, मेरा ही कथन कर, आपस में मेरे संबंधी ही चर्चा कर और इस प्रकार केवल मेरे ही परायण हो कर, हे महामते, काल व्यतीत कर ॥४६॥ इस जगत् में जो कुछ है, चैतन्य है, इसलिये, यह केवल चैतन्य ही है, चिन्मय ही है। इसलिये, तू चित् है, मैं चित् हूं और यह सब जगत् चित् है, ऐसा जान ॥ ४७ ॥ और राग का सर्वथा अभाव करके सर्वदा निर्लेप रह। अज्ञान जनित कर्ता आदि कारकों से उत्पन्न कर्म से ॥४८॥ श्रुति प्रमाणों से उत्पन्न हुए आत्मज्ञानरूप दीपक का बाध किस प्रकार होगा? अनात्म भाव का त्याग करके जगत् के होते हुए निर्विकार होकर ॥४९॥ अद्वैतनिष्ठा से अन्तःस्थ ज्ञानस्वरूप में तनमय हो जा। घटाकाश और मठाकाश, दोनों महाकाश में प्रतिष्ठित हैं ॥५०॥ वैसे ही, मुझ चिदाकाश रूप में जीव और ईश्वर प्रतिष्ठित हैं। जो आत्मज्ञान के पूर्व होती है और पश्चात् हट जाती है

॥५१॥ ब्रह्मवादी विवेक कर के उसी को माया कहते हैं। माया तथा उसके कार्य का लय हो जाने पर न ईश्वर का भाव है, न जीव का भाव है ॥ ५२ ॥ फिर मैं ही शुद्ध चेतन रूप उपाधिरहित आकाश के समान जीव और ईश्वर तथा चेतन और जड़ आदि रूप से रहता हूँ ॥ ५३ ॥ ईक्षण से ले कर देह में प्रवेश करने तक की सब सृष्टि ईश्वर कल्पित है तथा जाग्रत से लेकर मोक्ष पर्यंत की सब सृष्टि जीव कल्पित है ॥ ५४ ॥ त्रिणचिकेत अग्नि की उपासना से लेकर योग पर्यंत, सब ईश्वरभ्रान्ति के आश्रित है और लोकायतों से लेकर सांख्यों तक सब जीवभ्रान्ति का आश्रय करते हैं ॥ ५५ ॥ इसलिये मुमुक्ष को जीव और ईश्वर के संबधी वादविवाद में मन नहीं लगाना चाहिए, परन्तु, निश्चल चित्त से ब्रह्मतत्व का विचार करना चाहिये ॥ ५६ ॥ अद्वितीय ब्रह्मतत्व को जो यथार्थता से नहीं जानते, वे सब भ्रान्ति में ही हैं, उनका मोक्ष कहाँ और उनको यहाँ भी सुख कहां? ॥ ५७ ॥ उनमें यदि एक एक से उत्तम और अधम हो तो उससे क्या? स्वप्न में चाहे राज्य लाभ हुआ हो, चाहे भिक्षा माँगनी पड़ी हो, जागा हुआ उससे संबंध थोड़ा ही रखता है ॥ ५८ ॥ अज्ञान में बुद्धि का लय हो जाने से उसको विद्वान् निद्रा कहते है। अज्ञान और उसके कार्य का लय हो जाने पर मुझ में अब निद्रा कैसे हो सकती है? ॥५९॥ बुद्धि के पूर्ण विकास को जागृति

Scanned by CamScanner

कहते हैं। मैं बिकारादि से रहित होने से मुझमें जाग्रतावस्था बन नहीं सकती ॥ ६० ॥ बुद्धि का (कुहू नामक) सूक्ष्म नाड़ी में संचार होने से स्वप्न नहीं होता है; मैं प्रसरण धर्म से रहित होने से मुझमें स्वप्न नहीं होता ॥ ६१ ॥ सुषुप्ति काल में सबका लय होकर सब (दृश्य) अज्ञान से आवृत होने पर दृश्य के अभाव से जीव स्वरूप के महदानंद को भोगता है ॥ ६२ ॥ जो सब जगत को समानरूप से चैतन्यमय देखता है, वही साक्षात् ज्ञानी है; वही शिव, विष्णु और ब्रह्मा है ॥ ६३ ॥ यह दुःखसागररूप संसार एक दीर्घ स्वप्न है, अथवा दीर्घ चित्तभ्रम है, अथवा वह एक दीर्घ मनोराज्य है। इस निद्रा से जाग कर फिर सोने तक सब ब्रह्म ही है, ऐसा जान ॥ ६४ ॥ आरोपित जगत् का बाध करके चित्त की मद्रूपता से भावना करनी चाहिये। कामादि छः प्रबल शत्रुओं को मारने से मन रूप हाथी केवल अद्वितीय बृहद्रूप हो जाता है ॥ ६५ ॥ शरीर का अब ही नाश हो जाय अथवा जब तक चंद्रतारक हैं, तब तक वह बना रहे, इससे मेरे चैतन्यरूप शरीर में क्या विशेष होगा ? घट के नाश होने से अथवा बना रहने से घटाकाश में थोड़ा भी विशेष नहीं होता ॥ ६६ ॥ सर्प की केंचुली सर्प को जीव रहित त्वचा है। वह भले चींटियों के बिल में पड़ी रहे, सर्प को उसका कुछ भी विचार नहीं है ॥ ६७ ॥ इसी प्रकार आत्मज्ञानरूप अग्नि से हेतुसहित मिथ्या अज्ञान का

नाश होने से ज्ञानी स्थूल अब सूक्ष्म शरीर की चिंता नहीं करता। सब के निषेध का आधाररूप वह, अशरीर ब्रह्म हो जाता है ॥ ६८ ॥ शास्त्र से जगत् के पदार्थों में सत्यत्व बुद्धि का नाश होता है, पश्चात् अविद्या के नाश करने वाला अपरोक्ष ज्ञान होता है और प्रारब्ध के नाश होने पर जगत् का भासना छुट जाता है। इस प्रकार आत्मा की त्रिविध माया का नाश होता है ॥ ६९ ॥ मैं ब्रह्म हूँ, ऐसी भावना करने से जीव भाव जाता नहीं, केवल अद्वैत तत्व का बोध होने से वासना का क्षय होजाता है ॥ ७० ॥ प्रारब्ध का अन्त होने से देह नष्ट हो जाता है और इस प्रकार समस्त माया का क्षय होजाता है। यदि जगत् है, ऐसा कहे तो, वह सद्रूप ब्रह्म ही रह जाता है ॥ ७१ ॥

जगत् भासता है ऐसा कहे तो भान केवल ब्रह्म ही का है, क्योंकि मरुभूमि में जो जल भासता है, वह मरुभूमि को छोड़ कर और कुछ भी नहीं है। इस प्रकार आत्म बिचार करने से ये तीनों लोक केवल चित् ही हैं ॥ ७२ ॥ जहां अज्ञान ही नहीं है, जगत् का प्रसंग ही कहाँ, जीव, ईश्वर और गुरु की तो बात ही दूर रही ! केवल अव्यभिचारी शुद्ध चित्स्वरूप अपने भाव में मैं परिपूर्ण और केवल ब्रह्म ही हूँ ॥ ७३ ॥ पूर्ण स्वरूप बोधचंद्रमा के तेज का मोहरूपी राहू से ग्रहण होने पर उसके मोक्षकाल तक स्नान, दान, भजन आदि क्रिया

Scanned by CamScanner

व्यर्थ ही हुआ करती हैं (यानी ग्रहण छुटने में इनका कुछ भी प्रयोजन नहीं है) ।

जैसे जल में नमक एक रूप हो जाता है, वैसे योग से समत्व की प्राप्ति होती है; ऐसी ही आत्मा और मन की एकता हो जाय उसको समाधि कहते हैं ॥ ७५ ॥ सद्गुरु की करुणा न हो तो विषयत्याग दुर्लभ है और सहजावस्था दुर्लभ हैं ॥ ७६ ॥ जिनको ज्ञान और निष्ठा उत्पन्न हुए हैं और जिन्होंने सब कर्म छोड़ दिये हैं, ऐसे योगियों में सहजावस्था का स्वाभाविकता से प्रादुर्भाव होता है ॥ ७७ ॥ पारा और मन स्वभाव ही से चपल हैं। यदि पारा बांध लिया जाय या मन वश में कर लिया जाय, तो इस लोक में क्या सिद्ध नहीं होगा ? ॥ ७८ पारे को मूर्छित करने से वह व्याधियों को दूर करता है, उसको मारने से वह मनुष्य को जि[illegible] देता है और बांधने पर आकाश गमन की सिद्धि देता है। पारे के सेवन से शुद्ध चित्त हुआ ब्रह्म को प्राप्त होता है ॥ ७९ ॥ इन्द्रियों का राजा मन है, मन का स्वामी प्राण है और प्राण का स्वामी लय है, इसलिये उसका आश्रय कर ॥ ८० ॥ योगियों में चेष्टा रहित और विकार रहित लय बना रहता है। जिसके सब संकल्प नष्ट हुए हैं, सब चेष्टा समाप्त हुई है, ऐसा लय स्वयं जानने योग्य है, वाणी और इन्द्रियों से उसका ग्रहण नहीं हो सकता ॥ ८१ ॥ विषयों के सेवन में भली

प्रकार तत्पर रहने पर भी योगी ब्रह्म दर्शन बुद्धि को नहीं छोड़ता ; जैसे, संगीत, ताल, लय और वाद्य के साथ नृत्य करती हुई नटी सिर पर रखे हुए घडे की रक्षा की बुद्धि नहीं छोड़ती ॥ ८२ ॥ जिनको योग के साम्राज्य की इच्छा है, उनको सब की चिन्ता छोड़ कर सावधान मन से केवल नाद ही का अनुसंधान करना चाहिये ॥ ८३ ॥ इति द्वितीय अध्याय ॥

जो वस्तु एक है, उसके स्वरूप में नानात्व कभी भी हो नहीं सकता, इस लिये मैं अखंड ही हूं, मेरे सिवाय अन्य कुछ भी नहीं है ॥१॥ जो कुछ देखा जाता है, सुना जाता है, वह सब ब्रह्म के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं हो सकता। इसलिये, नित्य शुद्ध, मुक्त, अखंड, आनन्दमय, सत्य, ज्ञानमय और अनंत ऐसा जो परब्रह्म है, वह मैं ही हूं ॥२॥ मैं आनन्द रूप हूँ, अखंड बोध हूँ, पर से भी पर हूँ एवं घन चैतन्यप्रकाश हूँ। जैसे मेघ आकाश को स्पर्श नहीं करते, वैसे संसार दुःख मुझको स्पर्श नहीं करते ॥३॥ संपूर्ण दुःखो का नाश होने पर सब सुख ही रह जाता है, वैसे ही मिथ्या पदार्थों के नाश होने से सब सद्रूप ही रह जाता है। वह (नाना रूप से) भासने वाला चिद्रूप ही है, इसलिये वह मेरा अखंड रूप है ॥४॥ श्रेष्ठ योगियों के लिये न जन्म मरण है, न गमनागमन है, न मल और उसकी शुद्धि है, और न वेदना है; उनके लिये यह सब अत्यन्त स्पष्ट रूप से

Scanned by CamScanner

चित् ही चित् विराजमान है ॥५॥ सत्य, चिद्घन, अखंड, अद्वैत सब दृश्य पदार्थों से रहित, निर्दोष ऐसा जो शुद्ध अद्वैत शिव पद है, वही सदा मैं हूँ, ऐसा जानकर मौन रह ॥६॥ जन्म मरण और सुख दुःख से रहित, जाति, नीति और कुल गोत्र से दूर रहने वाला चिति के विवर्तरूप इस जगत् का कारण सदा मैं ही हूँ, ऐसा जानकर मौन रह ॥ ७ ॥ पूर्ण, अद्वय अखंड चेतन, जगत् के भेदज्ञान से रहित, अद्वितीय पर संवित् के अंशरूप सदा मैं ही हूँ, ऐसा जानकर मौन धारण कर ॥८॥किसी से भी बाध न होने के कारण तीनों काल में एकसा रहने वाला सद्रूप अस्तित्व सदा मेरा ही है ॥ ९ ॥ सुषुप्ति में जो सब सुखों से श्रेष्ठ, ऐसा निरुपाधिक और नित्य सुख होता है, वही सुखरूपत्व मेरा नित्य आनन्दमयत्व है ॥१०॥ जिस प्रकार रात्रि का घोर अन्धकार सूर्य के किरणों से त्वरित नष्ट हो जाता है, वैसे ही संसार के कारणरूप घोर अज्ञान का अन्धकार भी श्री हरि की कृपा रूप सूर्य किरणों से नष्ट होजाता है, अन्य किसी से नहीं ॥११॥ मेरे चरणों के स्मरण से तथा पूजा से प्राणियों का अज्ञान दूर हो जाता है। मेरे चरणों के स्मरण को छोड़ कर जन्म मरण के नाश का अन्य कोई उपाय नहीं है ॥ १२ ॥ पुरुष जिस आदर से धन की इच्छा से धनी लोगों की स्तुति करता है, वैसी ही यदि विश्व को उत्पन्न करने वाले ईश्वर की स्तुति करे, तो वह बंधन से क्यों नहीं छूटेगा, ॥ १३ ॥ जिस प्रकार सूर्य के संनीधि में सब लोक स्वयं ही

चेष्टा करते हैं, उसी प्रकार मेरी संनीधि में सब जगत् चेष्टा करता है ॥१४॥ भ्रान्ति से जिस प्रकार सीपी में चांदी की कल्पना होती है, वैसे ही महदादि जगत् मुझ में केवल भ्रान्ति से ही भासता है ॥१५॥ चाण्डाल के देह में, पशु आदि में तथा स्थावर आदि में अथवा ब्राह्मण के देह में अथवा अन्य उच्च नीच भाव में 'मैं' उच्चनीच नहीं होता ॥१६॥ दिशा भ्रम नष्ट होने पर भी दिशा जैसे पूर्ववत् ही दीखता है, इसी प्रकार विज्ञान (अनुभव ज्ञान) से नष्ट हुआ जगत् मुझे भासता है, परन्तु वह है नहीं ॥१७॥ न देह है, न इन्द्रिय और प्राण हैं, न मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार है, और न माया तथा आकाश आदि जगत् है ॥१८॥ न कर्ता है, न भोक्ता है और न भोग देने वाला कोई है, केवल सच्चिदानन्द जनार्दनरूप मैं ब्रह्म ही हूँ ॥ १९ ॥ जल के हिलने से जैसे सूर्य हिलता सा प्रतीत होता है, वैसे ही, अहंकार के संबंध से आत्मा को संसारित्व है ॥२०॥ संसार का मूल चित्त ही है, इसलिये प्रयत्न पूर्वक उसका शोधन करना चाहिये। चित्त के महत्व में (यानी उसको बड़ा मान कर उसीके कहने के अनुसार चलने में) तेरा कैसा विश्वास है ? ॥ २१ ॥ राजाओं के वे धन अब कहां हैं' और वे ब्राह्मण अब कहाँ हैं तथा पूर्वकाल का जगत् अब कहाँ है ? इसी प्रकार यह सृष्टि परम्परा जाती रहती है। कोट्यानुकोटि ब्रह्मा चले गये और जैसे फूल के पराग नष्ट हो जाते हैं, वैसे अनेक राजा नष्ट होगये ॥२२॥

Scanned by CamScanner

रजोगुण वश यह देहाभिमान ज्ञानियों में भी होता है (ऐसा यदि कहो तो) जब ज्ञानियों में भी रजोगुण उत्पन्न होता हो, तब तो तत्वज्ञान निष्फल ही रहा !॥ २३ ॥ (परन्तु ऐसा नहीं है) राग आदि उत्पन्न होते ही ज्ञान अग्नि से जब वे दग्ध होजाते हैं, तब फिर वे हो कहाँ से सकते हैं ? ॥२४॥ जैसे कोई अत्यन्त निपुण पुरुष दूसरों के दोष ठीक २ देखता हैं, वैसी ही, निपुणता से यदि कोई अपने दोष देखे, तो बंध उसका संसार से मोक्ष क्यों न होगा ? ॥ २५ ॥

आत्मा को न जानने वाला मुक्त नहीं होता, तो भी वह नाना प्रकार की सिद्धियां चाहता है और द्रव्य, मन्त्र, क्रिया, काल आदि युक्तियों द्वारा, हे मुनीश्वर ! वह उनको पाता है ॥२६॥ आत्मज्ञानी का यह विषय नहीं है। आत्मज्ञानी केवल आत्मा ही को देखा करता है, वह आत्मा में आत्मा ही में तृप्त रहता है, इसलिये अविद्या के (अविद्या रूप सिद्धियों के) पीछे नहीं लगता ॥२७॥ जो कोई जगत् के भाव वाले हैं, उनको अविद्यावान जान। जिन्होंने अविद्या का त्याग किया है, वे उनमें किस प्रकार फँस सकते हैं ॥ २८ ॥ द्रव्य, यन्त्र, क्रिया, काल आदि युक्तियां श्रेष्ठ प्रकार की सिद्धियाँ देने वाली हैं, परन्तु परम आत्म पद प्राप्त करने के लिये इनका कुछ भी उपयोग नहीं है ॥ २९ ॥ सब इच्छाओं का जाना बन्द होने पर ही आत्म लाभ का उदय होता है, ऐसा कहते हैं; फिर जिसका

चित्त ही नहीं है, ऐसा पुरुष सिद्धियों की इच्छा किस प्रकार कर सकता है ? ॥ ३० ॥ इति तृतीय अध्याय ॥

पश्चात् निदाघ ऋषि ने भगवान् ऋभु से कहा 'मुझ से जीवन्मुक्ति के लक्षण कहिये।' 'अच्छा' कह कर वह बोले—

सात भूमिकाओं में अन्त की चार भूमिका वाले जीवन्मुक्त होते हैं। शुभेच्छा प्रथमा भूमिका है, विचारणा द्वितीया, तनुमानसी तृतीया, सत्वापत्ति चतुर्था, असंसक्ति पांचवीं, पदार्थ भावना छठी और तुरीयगा सातवीं भूमिका है। सब भूमिका प्रणवात्मक अर्थात् अकार, उकार, मकार और अर्धमात्रात्मक होती हैं। स्थूल, सूक्ष्म, कारण और साक्षी इनके भेद से अकार आदि मात्राएँ चार प्रकार की होती हैं। जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीया उनकी अवस्थाएँ है। अकार के स्थूल अंश में जाग्रत अवस्था वाला विश्व है, सूक्ष्म अंश में जाग्रत तेजस् है, कारण अंश में जाग्रत प्राज्ञ और साक्षी अंश में जाग्ततुरीय है। उकार स्थूल अंश में स्वप्नावस्था वाला विश्व है, सूक्ष्म अंश में स्वप्न तेजस है, कारण में स्वप्न प्राज्ञ और साक्षी अंश में स्वप्न तुरीय है। मकार स्थूल अंश में सुषुप्ति अवस्था वाला विश्व है, सूक्ष्म अंश में सुषुप्त तेजस कारण में सुषुप्त प्राज्ञ और साक्षी अंश में सुषुप्त तुरीय है। अर्धमात्र स्थूल अंश में तुरीय अवस्था वाला विश्व है, सूक्ष्म अंश में तुरीय तेजस कारण

Scanned by CamScanner

में तुरीय प्राज्ञ और साक्षी अंश में तुरीय तुरीय है। अकार को तुरीयांशरूप प्रथम तीन भूमिकाएं है, उकार तुरीयांशरूप चतुर्थ भूमिका है, मकार तुरीयांशरूप पांचवीं भूमिका है, अर्धमात्र तुरीयांशरूप छटी और उससे परे सातवीं अवस्था है। प्रथम तीन भूमिकाओं में विहार करने वाला मुमुक्षु है, चतुर्थ भूमिका में प्राप्त होने पर वह ब्रह्मविद् (ब्रह्मज्ञानी) हो जाता है पांचवीं भूमिका में वह ब्रह्मविद्वर (श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञानी) होता है, छटी भूमिका को प्राप्त ब्रह्मविद्वरीयान (श्रेष्ठतर ब्रह्मज्ञानी) हो जाता है और सातवीं भूमिका में ब्रह्मविद्वरिष्ठ (श्रेष्ठतम ब्रह्मज्ञानी) हो जाता है। यहां पर ये श्लोक (जिनका केवल अर्थ नीचे दिया जाता है) प्रमाणभूत हैं।

प्रथम ज्ञानभूमि शुभेच्छा कही जाती है, द्वितीय विचारणा और तृतीय तनुमानसी है ॥१॥ सत्त्वापत्ति चतुर्थ भूमि और असंसक्ति पांचवीं अवस्था है; पदार्थभावना छटी तथा तुर्यगा को सातवीं भूमिका कहते हैं ॥२॥ मैं कैसा मूढ बना रहा हूँ, मुझे चाहिये कि शास्त्र और सज्जनों की सहायता से मैं अपना निरीक्षण यानी परीक्षा वा सुधार करूं? इस प्रकार वैराग्य पूर्वक इच्छा उत्पन्न हो तो उसको विद्वान् शुभेच्छा कहते हैं ॥३॥ शास्त्र के देखने से और सज्जनों की संगति से वैराग्य और अभ्यास के साथ जो प्रवृत्ति होती है, उसको विचारणा कहते हैं ॥४॥ शुभेक्षा और विचारणा की भूमिका में इन्द्रियों के

विषय में राग रहता है। वह जब क्षीण होजाता है, तब उस को तनुमानसी कहते हैं ॥५॥ तीनों भूमिकाओं के अभ्यास से चित्त में विषयों के लिये वैराग्य उत्पन्न हो जाने से शुद्ध सत्त्व गुण में स्थिति होजाय उसको सत्वपत्ति कहते हैं ॥६॥ चारों भूमिकाओं के अभ्यास से जब विषयों का संसर्ग छूट जाता है, तब शुद्ध सत्वगुण के उत्कर्ष रूप इस अवस्था को असंसक्ति कहते हैं ॥७॥ पांच भूमिकाओं के अभ्यास से अपने आत्मा ही में हमेशा रममाण रहने से बाह्य और आंतर पदार्थों का अभाव हो जाने से ॥८॥ जब अधिक काल तक दूसरे की प्रेरणा होने ही से पदार्थों का बोध हो, तब उसको पदार्थभावनी नामक छटी अवस्था कहते हैं ॥९॥ छः भूमिकाओं का चिरकाल तक अभ्यास करने से जब भेदमात्र का लय हो कर केवल आत्मा ही में स्थिति हो जाय, उसको तुर्यगा अवस्था कहते हैं ॥१०॥

शुभेच्छादि तीन अवस्था भेद और अभेद दोनों भावों से युक्त होती हैं। इन अवस्थाओं में जाग्रत अवस्था में जगत् जैसा है, वैसा ही दीखता है ॥११॥ ठीक २ तुरीय भूमि को प्राप्त होने पर अद्वैत भाव स्थिर होकर द्वैत भाव क्षीण हो जाता है, तब जगत् को ज्ञानी स्वप्न के समान देखते हैं ॥१२॥ छिन्न भिन्न हुआ शरत्काल के बादल का टुकड़ा जैसे लय को प्राप्त होता है (और आकाश ही रह जाता है), वैसे ही अव-

Scanned by CamScanner

शिष्ट सत्ता ही तेरा स्वरूप है, हे निदाघ. उसी को तू दृढ़ कर ॥१३॥ सुषुप्ति पद नामक पांचवीं भूमि को प्राप्त हो कर उसके चित्त के समस्त विशेष भाव शान्त होकर वह केवल अद्वैत अवस्था में टिकता है ॥१४॥ वह बहिर्वृत्तिवाला होते हुए भी हमेशा अन्तर्मुख रहता है, इसी लिये जैसे थका हुआ पुरुष निद्रालु होता है, वैसा वह दीखता है ॥१५॥ वासना रहित हो कर इस भूमिका का ठीक २ अभ्यास करने से क्रम से गाढ सुषुप्ति नामक पुरातन सातवीं अवस्था प्राप्त होती है ॥१६॥ जिस अवस्था में न सद्रूप है, न असद्रूप है, न अहंकार है और अहंकार नहीं हो, ऐसा भी नहीं है, वह क्षीण मन वाला केवल अद्वैत भाव में अत्यन्त निर्भयता से रहता है ॥१७॥ जैसे आकाश में खाली घड़ा रखा हो, वैसे वह बाहर से और भीतर से शून्य होता है । (अथवा) जैसे समुद्र में भरा हुआ घड़ा हो, वैसे वह बाहर और भीतर परिपूर्ण होता है ॥१८॥ तू न विषयों के भाव से युक्त हो, न भोक्ता के भाव से युक्त हो; सब भावों को छोड़ कर जो कुछ शेष रहे, उसीमें तन्मय हो जा ॥१९॥ द्रष्टा, दर्शन और दृश्य इनको वासना के सहित त्याग कर दर्शन के पहिले जो प्रकाशता है, ऐसे केवल आत्मा को भज ॥२०॥

आकाश जैसे विद्यमान होते हुए लीन ही होता है यानी प्रतीत नहीं होता, वैसे ही जिस को व्यवहार करते हुए भी यह जगत् लय को प्राप्त हुआ है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है ॥२१॥

सुख में वा दुःख में जिसके मन की कला न उदय होती है, न अस्त होती है, इस प्रकार, जैसा हो उसी में जो समान रहता है, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥२२॥ जो सोते हुए भी जागता है और जिसको जाग्रत भी नहीं कह सकते, जिसको वासना रहित बोध हुआ है, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥२३॥ प्रसंगानुरूप राग, द्वेष, भय आदि करते हुए भी जो अंतर में आकाश के समान निर्लेप रहता है, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ २४ ॥ जिसको कर्तृत्व का अभिमान नहीं है और जिसकी बुद्धि कर्म करने में लेपायमान नहीं होती, वह कार्य करे अथवा न करे, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ २५ ॥ जिससे लोग उद्वेग को प्राप्त नहीं होते, न वह लोगों से उद्वेग को प्राप्त होता है; जो हर्ष, आमर्श (असहिष्णुता) और भय से मुक्त हैं; उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ २६ ॥ जो सब विषयों में व्यवहार करता हुआ भी प्रसन्न रहता है; जैसे उदार पुरुष पर उपकार में प्रसन्न रहता है, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ २७ ॥ हे मुने, जो चित्त में रही हुई सब कामनाओं का नाश कर मुझ सर्वात्मक में ही संतुष्ट रहता है, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ २८ ॥ जहाँ कोई दृश्य पदार्थ नहीं है, ऐसे परम पावन चिन्मात्र पद में जो प्रशान्त चित्त से विश्राम करता है, उसको जीवन्मुक्त कहते हैं ॥ २९ ॥ यह जगत् तथा ' ऐसा मैं हूँ ' इस प्रकार का मिथ्या दृश्यज्ञान जिसके चित्त में उदित नहीं होता, उस को जीवन्मुक्त कहते

Scanned by CamScanner

हैं ॥ ३० ॥ स्थिर, व्यापक, पूर्ण और निर्विषय ऐसे सद्रूप ब्रह्म में आचार्य और शास्त्र प्रदिष्ट मार्ग से त्वरित प्रवेश करके उसमें स्थिर हो जा ॥ ३१ ॥ गुरु शिव है, वेद शिव है, शिव ही देव और प्रभु है। मैं शिव हूँ और यह सब शिव हैं; शिव से अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है ॥ ३२ ॥ धीर ब्राह्मण उसीको जानकर तन्मय बुद्धि कर रखे; बहुत शास्त्रों का अध्ययन न करे, क्योंकि अधिक अध्ययन करना वाणी को वृथा ही कष्ट देना है ॥ ३३ ॥ शुक मुक्त हुए हैं और वामदेव मुक्त हुए हैं; इन दोनों को छोड़ कर और कोई मुक्त नहीं हुआ। (इसलिये) जो शुक के मार्ग से चलते हैं, वे इसी लोक में मुक्त हो जाते है ॥ ३४ ॥ जो लोक नित्य वामवेद के अनुसार चलते हैं वे वार वार जन्म मरण भोगते हुए योग सांख्य और सात्विक कर्मों द्वारा इस लोक में क्रम मुक्ति का लाभ करते हैं ॥ ३५ ॥ ईश्वर ने दो मार्ग उत्पन्न किये हैं; शुकमार्ग और वामदेव मार्ग। शुकमार्ग विहंग मार्ग है और वामदेवमार्ग पिपीलिका मार्ग है ॥ ३६ ॥ अतत्व की निवृत्ति द्वारा अथवा तत्व के अभ्यास से, महावाक्य का विचार करके सांख्य योग की समाधि द्वारा ॥ ३७ ॥ अपने आत्मा का रूप जान कर संप्रज्ञात समाधि से शुद्ध बुद्धि वाले शुक मार्ग से परम पद को प्राप्त करते है ॥ ३८ ॥ यमादि तथा आसनों से जनित कष्ट से युक्त वार वार हठयोग का अभ्यास करने वाला अनेक विघ्नों से प्राप्त अणिमादि सिद्धियों के कारण ॥ ३९ ॥

मोक्ष रूप फल को प्राप्त न करके फिर श्रेष्ठ कुल में उत्पन्न होता है और पूर्व वासना के कारण वह फिर योगाभ्यास करता है ॥ ४० ॥ इस प्रकार अनेक अनेक जन्मों के अभ्यास से वामदेव मार्ग से वह भी मोक्ष प्राप्त करता है; जो स्वयं विष्णु का परम पद है ॥ ४१ ॥ ये दोनों मार्ग अच्छे हैं और दोनों मोक्ष देने वाले हैं। एक सद्योमुक्ति को देने वाला और दूसरा क्रम मुक्ति को देने वाला है ॥ ४२ ॥ जिसकी बुद्धि तत्व में अनुभव होने तक पहुँच रखती है, उसके दर्शन से सब मनुष्य सब पापों से रहित हो जाते हैं ॥ ४३ ॥ देवता हो या मनुष्य सब ब्रह्मज्ञानी के दर्शन ही से कोटि जन्मों में किये हुए पापों से विमुक्त हो जाते हैं ॥ ४४ ॥ ॥ इति चतुर्थ अध्याय ॥

पश्चात् निदाघ ऋषि ने भगवान् ऋभु से कहा 'मुझे योगाभ्यास की विधि कहिये'। 'अच्छा' कह कर बोले—

इस पंच भूतात्मक देह में पांच मंडल हैं। जितनी कठिनता है, पृथ्वी है, जितना द्रवरूप है जल है, ॥ १ ॥ जितनी उष्णता है, तेज है, जितना चलन है, वह वायु से है और सबका आधार आकाश हैं, ऐसा योग की इच्छा करने वाला जाने ॥ २ ॥ वायु मंडल के आघात से एक रात्रि और दिन में इक्कीस हजार और छः सौ वार श्वास बहते हैं ॥ ३ ॥ पृथ्वी मंडल का क्षय होने पर शरीर में झुर्रियां पड़ती हैं। वैसे ही जल तत्व का क्षय हो जाने पर क्रम से बाल सफेद हो जाते हैं ॥ ४ ॥ तेज का क्षय हो

Scanned by CamScanner

जाने से भूख और शरीर की कान्ति नष्ट हो जाती है। वायु के क्षय से शरीर हमेशा कांपता रहता है और केवल आकाश से (क्योंकि इस तत्त्व का क्षय नहीं होता) कोई जीता नही रहता ॥ ५ ॥ इस प्रकार भूतों के नित्य क्षय होने से (मृत्यु होता है, और) भूतों को धारण करना ही जीवन है। क्योंकि महाखग रूप प्राण संतत ऊपर उड़ता है ॥ ६ ॥ इस लिये (जहां प्राण ऊपर उड़ता है) वहीं पर जो बन्ध लगाते हैं, उस को उड्डियाण बन्ध कहते हैं। यह उड्डियाण बन्ध मृत्युरूप हाथी के लिये सिंह के समान है ॥ ७ ॥ इस बन्ध को करने वाले का मोक्ष हो जाता है। जिसका शरीर कृश हो, उसके लिये यह बन्ध दुष्कर है। अग्नि का चालन होने से कोखमें बहुत वेदना होती है ॥ ८ ॥ अतः जो भूखा हो अथवा जिसको मलमूत्र का वेग प्राप्त हो ऐसा मनुष्य इसको न करे। वह नियमित और हितकर आहार, थोड़ा थोड़ा परन्तु अनेक वार किया करे ॥ ९ ॥ मृदु, मध्यम और तीव्र अधिकारियों के लिये क्रमशः मंत्र, लय और हठ योग हैं। लय, मंत्र और हठ तीन योग के प्रकार है। योग के आठ अंग होते हैं ॥ १० ॥ यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार ॥ ११ ॥ धारणा, ध्यान और आठवीं समाधि। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव (सीधापन), ॥ १२ ॥ क्षमा, धैर्य, मिताहार और शौच ये दस यम हैं। हे महामुने, तप, संतोष, आस्तिकता, दान, ईश्वर-पूजन ॥ १३ ॥ सिद्धांत श्रवण, लज्जा, मति (निष्ठा), जप

और व्रत, ये दस प्रकार के नियम कहे जाते हैं ॥ १४ ॥ हे मुनिश्रेष्ठ, चक्र आदि ग्यारह आसन हैं। चक्र, पद्म, कूर्म, मयूर, कुक्कुट ॥ १५ ॥ वीर, स्वास्तिक, भद्र, सिंह, मुक्त और गोमुख, श्रेष्ट योगियों से प्रशंसित ऐसे ये ग्यारह आसन हैं ॥ १६ ॥ वाईं जांघ दाहिने गुल्फ (टकना) के ऊपर और दाहिनी जांघ वाएं गुल्फ के ऊपर रख कर शरीर को सीधा रख कर बैठने को चक्रासन कहते हैं ॥ १७ ॥ अपनी नाड़ियों से रेचक और पूरक करके फिर पूरक और रेचक करना इसको प्राणायाम कहते हैं। इसलिये यहां पर नाड़ियों का वर्णन करते हैं ॥ १८ ॥

सब प्राणियों का शरीर छियानवे अंगुल लम्बा होता है। उसमें पायु (गुदा) के ऊपर दो अंगुल ॥ १९ ॥ तथा मेढ़ (लिंग) के नीचे दो अंगुल शरीर का मध्य होता है मेढ़ से नौ अंगुल ऊपर नाढियों का कन्द होता है, ऐसा कहते हैं ॥ २० ॥ वह चार अंगुल ऊंचा और चार अंगुल चौड़ा, अन्डाकार और मेद मज्जा और शोणित से वेष्टित होता है ॥ २१ ॥ वहां द्वादश दलवाला नाड़ी चक्र प्रतिष्ठित है। इसीसे शरीर का धारण होता है। यहां पर कुण्डली (शक्ति) होती ॥ २२ ॥ वह सुषुम्णा के प्रवेशद्वार रूप ब्रह्मरन्ध्र को अपने मुख से ढांप कर रहती है। सुषुम्णा के पास अलम्बुसा और कुहू ये नाडियां होती हैं ॥ २३ ॥ अन्तर के दो दलों में वारुणी

Scanned by CamScanner

और यशस्विनी होती है। सुषुम्णा के दाहिने आरे के दक्षिण दल में क्रम से पिंगला रहती है ॥२४॥ उसके भीतर के दो दलों में पूषा और पयस्विनी होती है। सुषुम्णा के पश्चिम की ओर के दल में सरस्वति नाड़ी स्थित है ॥ २५ ॥ उसके पश्चात् शंखिनी और गांधारी होती है। शुषुम्णा के उत्तर के दल में इडा नामक नाड़ी होती है ॥२६॥ इसके पश्चात हस्तिजिह्वा और विश्वोदरी ये नाड़ियां होती हैं। ये नाड़ियां चक्र के दलों में प्रदक्षिणा के क्रम ही से कही गई हैं ॥ २७ ॥ ये बारह नाड़ियां बारह प्रकार के वायु को वहन करती है। ये नाड़ियां नाना वर्ण वाली और एक कपड़े के समान (यानी एक सतह में गुथी हुई सी । होती हैं ॥२८॥ इस नाड़ी जाल के मध्य में जो स्थान है, उसको नाभिचक्र कहते हैं। नाद के आधार रूप तथा नाद स्वरूप, तेजोमय और सूक्ष्म रंध्र वाली (सुषुम्णा) इन चार रूपों से कथित है। ये चार रत्नों से युक्त हैं (रत्न से यहां अभिप्राय विशेष गुण से है)। कुण्डली से ब्रह्मरंध्र का मध्य सदा आच्छादित रहता है ॥ २९—३० ॥ इन दस नाड़ियों में दस वायु चलते हैं। इस प्रकार नाड़ियों की गति जानकर बुद्धिमान पुरुष ॥ ३१ ॥ सिर, गर्दन और शरीर समान और मुख बंद रखते हुए अत्यन्त निश्चल होकर बैठ जाय। नासाग्र में, हृदय के मध्य बिन्दु मध्य में ब्रह्म का, ॥ ३२ ॥ इस प्रकार भली प्रकार सामहित होकर ध्यान करे, उससे अमृत स्राव होता है । अपान का संकोचन

करके वायु को ऊपर की ओर खींचे ॥ ३३ ॥ फिर उसको प्रणव के साथ उठाकर श्रीबीज से उसको निवृत्त करे। आत्मा का ही यहां पर श्री रूप से ध्यान करे। इस से अमृत झरने लगता है ॥३४॥ सब से मुख्य कालवंचन यही है। इससे मन में चिन्तन किया हुआ कार्य मन ही से (मन की सामर्थ्य से) सिद्ध होता है ॥३५॥ जल में अग्नि का ज्वलन होने से शाखा और पल्लव उत्पन्न होते हैं। यह जगत् (के व्यवहार) के विरुद्ध कथन नहीं है, यहाँ पर क्रिया ही विपरीत होती है। ॥३६॥ मार्ग में बिंदु को ठीक २ बांधकर जल में अग्नि प्रज्वलित करते हुए उस से जल का शोषण करे। इस से शरीर दृढ़ होता है ॥३७॥ ध्यान पूर्वक गुदा और योनि (गुदा और लिंग के बीच का भाग) दोनों का एक ही समय आकुंचन कर के अपान को ऊपर चढ़ावे और समान रखते हुए उसको नाभि चक्र में नियोजित करे ॥३८॥ फिर आत्मा का श्रीरूप से ध्यान करे, इससे अमृत स्राव होता है। मध्यम द्वार (ब्रह्मरंध्र) में इस योग का बलपूर्वक अभ्यास करे ॥ ३९ ॥ प्राण और अपान को दृढ़तापूर्वक एकता करके दोनों के ऊपर चढ़ने की भावना करे। यह श्रेष्ठ देह में सभी सिद्धियों को प्रकाश करने वाला है ॥४०॥ जैसे नीचे की ओर लगा हुआ बंध प्रवाह को रोकने वाला होता है, शरीर में रहनेवाली छाया (सुषुम्ना) का योगी वैसा हो हाल जाने (अर्थात् मूलबंध लगाने से इसका प्रवाह भी नीचे की ओर बहना बन्द होता है) ॥ ४१ ॥ सभी

Scanned by CamScanner

नाड़ियों को रोकने वाला यह एक ही बन्ध है ऐसा कहते हैं। इसलिये, इस बन्ध के सामने से देवता यानी शक्ति जागृत होती है ॥४२॥ इस प्रकार का यह चतुष्पथ (चार मार्ग वाला) बन्ध तीन मार्गों को रोकने वाला और उस एक मार्ग का विकास करने वाला है, जिस मार्ग से सिद्ध पुरुष सुलभता पूर्वक (अपने स्वरूप को) प्राप्त होते हैं॥४३॥ प्राण के सहित उदान को वेग पूर्वक ऊपर चलाने से यह बन्ध होता है। यह सब नाड़ियों का निरोध करते हुए ऊपर चलता है ॥४४॥ इसी को संपुट योग कहते हैं, यही मूलबंध है और अभ्यास करते करते तीनों बन्ध इसी से सिद्ध हो जाते हैं ॥४५॥ दिन रात प्रत्येक पहर में अविच्छिन्न रूप से नित्य अभ्यास करने से वायु वश में हो जाता है ॥४६॥ वायु वश में होजाने से शरीर में दिन दिन अग्नि बढ़ता रहता है। अग्नि के बढ़ने से अन्नादिका सुख पूर्वक पाचन होता है ॥४७॥ अन्न का ठीक पाचन होने से रस वृद्धि होती है और नित्य रसवृद्धि से धातु वृद्धि को प्राप्त होते हैं॥ ४८ ॥ शरीर में धातुओं की वृद्धि होने से (अन्तः करण शुद्ध होने से) बोध की वृद्धि होती है और सैकड़ों कोटि जन्मों में किये हुए पाप भस्म होजाते हैं॥ ४९ ॥

गुदा और लिंग के बीच में त्रिकोणाकृति मूलाधार चक्र है। उस स्थान में बिंदु रूप शिव प्रकाशते हैं ॥५९॥ यहाँ पर

कुण्डलिनी नामक परा शक्ति प्रतिष्ठित है, जिससे प्राण उत्पन्न होता है और अग्नि बढ़ता है ॥५१॥ जिससे बिन्दु उत्पन्न होता है और नाद वृद्धि को प्राप्त होता है, जिससे हंस उत्पन्न होता और जिससे मन उत्पन्न होता है ॥५२॥ मूलाधारादि छः चक्र शक्ति का स्थान कहे जाते हैं और कंठ के ऊपर सिर के अन्त तक शिव का स्थान कहा जाता है ॥५३॥ नाड़ियों का आश्रय शरीर है, प्राणों का आश्रय नाड़ियां हैं, जीव का आश्रय प्राण है और हंस का निवास स्थान जीव है ॥५४॥ शक्ति का अधिष्ठान हंस है। इस प्रकार यह चराचर (अपेक्षा से जड़ और चेतन प्रतीत होने वाला) जगत् है। पुरुष विकल्प से रहित और प्रसन्न होकर प्राणायाम का अभ्यास करे ॥५५॥ बन्ध त्रय से युक्त होकर लक्ष्य का साक्षात्कार करने में हेतु भूत जानने योग्य पदार्थ (ब्रह्म) का, सत्य की खोज में लगे रहने वाले मन से, नित्य अनुसन्धान करे॥५६॥

लक्ष्य रूप परब्रह्म में ध्यान रखकर स्वयं उसी में टिकते हुए रेचक और पूरक दोनों का कुम्भक में निरोध करे ॥५७॥ बाह्य रहने वाले विषयों को रेचक कहा गया है, शास्त्र द्वारा किये हुए तत्त्व निश्चय को पूरक और उसी को अपने में दृढ़ करना इस को कुम्भक कहा है ॥५८॥ इस प्रकार जिसके चित्त को अभ्यास हुआ है वह मुक्त ही है, इसमें संदेह नहीं। कुम्भक का (जिस के स्वरूप को पहले कह चुके हैं) आरोप करके उसको कुम्भक

Scanned by CamScanner

ही से पूरित करे ॥५९॥ कुम्भक से कुम्भक का कुम्भक करे, तब यही अन्तरथ परम शिव है ।

अब ताडन करना चाहिये, भली प्रकार स्थित हो कर कंठ मुद्रा के साथ ॥६०॥ प्राणोंकी गति को रोक कर पूरक कुम्भक को धारण करके दोनों हाथ तथा दोनों पैर भूमि में समान रूप से जमा कर ॥६१॥ वेध के क्रम से वायु से जिसमें चार पीठ या चक्र होते हैं ऐसे मेरुदण्ड का वायु द्वार के स्थान में बार बार ताडन करे ॥६२॥ दोनों पुटों का (शरीर का ऊपर का और नीचे का भाग) आकर्षण होने से वायु का त्वरित स्फुरण होता है । इससे सूर्य, चन्द्र और अग्नि का सम्बन्ध होने से यह अमृत को प्राप्त कराने वाला है, ऐसा जानना चाहिये ॥६३॥ मेरु दण्ड के चालन से मेरु दण्ड में रहे हुए देवता जागृत होते हैं । इस का वेध प्रथम ब्रह्म ग्रन्थि से शीघ्र होता है ॥६४॥ ब्रह्म ग्रन्थि का भेद करके बाद वह विष्णु ग्रन्थि का भेद करता है और विष्णु ग्रन्थि के भेद के पश्चात् रुद्र ग्रन्थि का वह भेद करता है ॥६५॥ रुद्र ग्रन्थि का भेद करके अनेक जन्मों में उपार्जित शुभ संस्कारों से तथा गुरुदेव के कृपाप्रसाद से समस्त अज्ञान रूपी मल का नाश करता है ॥ ६६ ॥ इडा और पिंगला के बीच में रहे हुए सुषुम्ना नाडी के मण्डल में योग का अभ्यास करने से योगी को यह वेध उत्पन्न होता है ॥६७॥ विशिष्ट प्रकार की मुद्रा और बन्ध द्वारा वायु को ऊर्ध्व चलाना चाहिये ।

प्रणवोच्चार यदि ह्रस्व हो तो वह पापों का नाश करता है, दीर्घ मोक्षदायक होता है ॥६८॥ और प्लुत से पूर्णता प्राप्त होती है । तीनों प्रकार के प्रणव का तेल की धारा के समान अखंड और घटा के दीर्घ नाद के समान उच्चारण करने से (वायु ऊर्ध्व चलता है) ॥६९॥ प्रणव का अग्र अवाच्य (ब्रह्म स्वरूप), है, उसको जो जानता है, वह वेद को जानता है । बिंदु तक प्रणव उच्चारण से प्राण चढ़ जाय तो वह ह्रस्व है, ब्रह्मरन्ध्र तक दीर्घ और द्वादशान्त तक चढ़े तो वह प्लुत प्रणव आनन्द और मन्त्र सिद्धि को देने वाला है ॥ ७० ॥ यह प्रणव सर्व विघ्नों को दूर करनेवाला और सब पापों का नाश करने वाला है । आरम्भ घट, परिचय ॥ ७१ ॥ और निष्पत्ति ये चार उसकी भूमिकाएं हैं । काया वाचा और मन से होने वाले बाह्य कर्म का त्याग करके ॥७२॥॥ जब आन्तर कर्म करने लगता है, तब आरम्भ अवस्था कही जाती है । वायु पश्चिम मार्ग से वेध करता हुआ भली प्रकार स्थिर ॥७३॥ होकर रहे, उसको विद्वान् घटावस्था कहते हैं । न वह सजीव होता है, न निर्जीव, इस प्रकार शरीर में निश्चल रहता है, जिसमें आकाश में स्थिर रहता है। उसको प्रचय (परिचय) अवस्था कहते हैं ॥ ७४ ॥ जिसमें आत्मा से सृष्टि और लय होते हैं, जो जीवन्मुक्ति अवस्था को प्राप्त हुआ है और जब सहज योग करता है, सो यह निष्पत्ति भूमिका है ॥ ७५ ॥

Scanned by CamScanner

इस उपनिषत् को जो पढ़ता है, सो अग्नि से शुद्ध होता है उसने सुरापान किया हो, तो उस दोष से वह मुक्त होता है, सुवर्ण की चोरी के दोष से मुक्त होता है, वह जीवन्मुक्त हो जाता है। आगे के मंत्र में भी यही बात है—उस विष्णु के परम पद को ज्ञानी लोग जैसे आकाश आंख के आगे बिछा हुआ हो इस प्रकार स्पष्ट देखते हैं। जिनका अज्ञान निवृत्त हुआ है, ऐसे विद्वान् ब्राह्मण उस विष्णु के परमपद को नित्य स्तुति करते हैं।

॥ इति वराहोपनिषत् समाप्त ॥

Scanned by CamScanner

भारतीय सस्कृति मे जितना महत्त्वपूर्ण स्थान वेदो, पुराणो रामायण, गीता, महाभारत आदि ग्रथो का है, उतना ही महत्त्व उपनिषदो का भी है। उपनिषदो मे हिदू धर्म के हर विषय का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

उपनिषद कुल सख्या मे 108 है। हमने उन 108 उपनिषदो को अपने पाठको के लिए अत्यंत सरल और सुगम भाषा मे इस पुस्तक मे प्रस्तुत किया है।

—प्रकाशक

डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा.) लि.

धार्मिक व पूजा पाठ की अनुपम पुस्तकें

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम*	40.00	काली उपासना	25.00
दिव्य आभा मण्डल (Aura)*	40.00	विष्णु उपासना	25.00
प्रज्ञावेणु (गीता व्याख्या) मुक्त छन्द में*	50 00	गणेश उपासना	25 00
मानस प्रेमसूत्र-I, II(मुरारी बापू)*	30.00	सरस्वती उपासना	25 00
मानस भुसुण्डी गीता(मुरारी बापू)*	41.00	ऋग्वेद (सरल भाषा में)*	30 00
रामचरितामृत*	35.00	सामवेद (सरल भाषा में)*	30 00
आरती संग्रह	15.00	यजुर्वेद (सरल भाषा में)*	30 00
गजानन (जीवनी)	20.00	अर्थववेद (सरल भाषा में)*	30 00
वेदान्त दर्शन	20.00	108 उपनिषद*	100 00
मीमांसा दर्शन	20 00	सुख सागर*	60.00
सांख्य दर्शन	20 00	प्रभु मिलन का मार्ग	20.00
युग प्रवर्त्तक गौतम बुद्ध	25.00	जैकारा शेरांवली का	20 00
कार्तिक महात्मय*	40.00	व्रत पर्व और त्यौहार	20 00
मनृस्मृति*	30.00	रामायण*	40 00
विदुर नीति*	30.00	बाल्मीकि रामायण	30 00
भर्तृहरि शतक	25 00	महाभारत*	40.00
अनेकता में एकता	20.00	सिक्खों के दस गुरु*	30 00
नवीन रामलीला नाटक*	40 00	श्रीमद् भागवत् गीता*	20.00
गणेश पुराण	25.00	शिरडी के साई बाबा*	30.00
भविष्य पुराण	25.00	कथा सरित सागर*	80.00
पद्म पुराण	25.00	योग वशिष्ठ*	80 00
वराह पुराण	25.00	दशावतार	20.00
कूर्म पुराण	25.00	चाणक्य नीति*	30 00
ब्रह्म पुराण	25.00	चाणक्य सूत्र*	30 00
माकण्डेय पुराण	25.00	कौटिल्य अर्थशास्त्र	20.00
मत्स्य पुराण	25.00	आर्य पुष्पांजलि	20 00
ब्रह्माण्ड पुराण	25.00	गुरु वशिष्ठ	20 00
श्री विष्णु पुराण	25.00	दुर्गा सप्तशती	25.00
श्री शिव पुराण	25.00	नीलकंठ	20.00
श्री देवी भागवत पुराण	25.00	प्रजापति, ब्रह्म	20 00
ब्रह्मवैवर्त पुराण	25.00	भगवान परशुराम	20.00
गायत्री उपासना	25.00	सत्य साई बाबा*	30 00
लक्ष्मी उपासना	25 00	श्रीमद भगवत गीता(आधुनिक व्याख्या)	60 00

डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा.) लि.

X 30 ओखला इन्डस्ट्रियल एरिया फेज-2, नई दिल्ली-110020

पुस्तक VPP से मंगाने के लिये 10/- की Postal Stamps आर्डर के साथ अवश्य भेजें।
कोई भी तीन पुस्तक मंगवाने पर डाक व्यय फ्री। डाक व्यय प्रति पुस्तक 5/-

* पुस्तकें 23×36 (हिमाद सर्जन में)

१०८ उपनिषद्

डॉ० भवान सिंह राणा

डायमंड पाकेट बुक्स (प्रा.) लि.
X-30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2
नई दिल्ली -110 020

महिलाओं की अपनी पत्रिका

गृहलक्ष्मी

पारिवारिक मासिक पत्रिका

© प्रकाशकाधीन

प्रकाशक :
डायमंड पॉकेट बुक्स (प्रा.) लि.
एक्स-30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फ़ेस-2
नई दिल्ली–110 020
फोन. 011-6822803, 6822804, 6841033
फैक्स: 011-6925020

वितरक :
पंजाबी पुस्तक भंडार
257, दरिबा कलां, दिल्ली–110 006

संस्करण : 1999

स्पेशल ईफेक्टस :
ग्राफ़िक्स बी, मेरठ–250 005

प्रिंटर्स : आदर्श प्रिन्टर्स, नवीन शाहदरा

अनुक्रमणिका

1	ईशोपनिषद	. 7	31	तुरीयातीतोपनिषद्	.. 123
2	केनोपनिषद	...10	32	योगराजोपनिषद्	124
3	कठोपनिषद	. 14	33	आत्मपूजोपनिषद्	. 125
4	प्रश्नोपनिषद	22	34	ब्रह्म उपनिषद्	126
5	मुडक उपनिषद	. 28	35	ब्रह्मविद्या उपनिषद्	...128
6	मांडुक्य उपनिषद	.33	36	क्षुरिकोपेनिषद्	.. 132
7	ऐतरेयोपनिषद्	35	37.	योगतत्त्वोपनिषद्	. 133
8	तैत्तरीयोपनिषद्	.37	38	सुबालोपनिषद	.141
9	छांदोग्य उपनिषद्	.44	39	मडल ब्राह्मणोपनिषद्	151
10	श्वेताश्वेतरोपनिषद्	80	40	कौशीतकी ब्राह्मणोपनिषद	.156
11	गर्भोपनिषद्	...86	41	जाबालदर्शनोपनिषद	167
12	मुद्गलोपनिषद्	. 88	42	हंसोपनिषद	..177
13	अक्ष्युपनिषद्	90	43	स्वसंवेद्योपनिषद	...179
14	अध्यात्मोपनिषद्	...92	44	जाबाल्योपनिषद्	180
15	मैत्रायणी उपनिषद्	.95	45	मैत्रेयोपनिषद्	. 181
16	शिवसंकल्प उपनिषद्	100	46	शांडिल्योनिषद्	.184
17	आश्रम उपनिषद्	. 101	47.	परब्रह्मोपनिषद्	.192
18	द्वयोपनिषद्	102	48	कठरुद्रोपनिषद्	.195
19	वज्रसूचिका उपनिषद	103	49	कुंडिकोपनिषद	197
20	अथर्वशिरोपनिषद्	. 104	50	अरण्योपनिषद्	199
21	स्कंद उपनिषद्	106	51	संन्यासोपनिषद	200
22	सर्वसार उपनिषद्	107	52	नारद परिव्राजकोपनिषद्	.205
23	शुकरहस्योपनिषद्	.109	53.	पैंगलोपनिषद	. 222
24	मत्रकोपनिषद्	. 111	54	महावाक्योपनिषद	.228
25	प्रणव उपनिषद्	. 112	55	आत्मबोधोपनिषद	229
26	निरालंबोपनिषद	. .113	56	कैवल्योपनिषद	...231
27.	गायत्री उपनिषद्	. 115	57.	ब्रह्मविदूपनिषद	..233
28	अमृतनादोपनिषद्	...118	58	आत्मोपनिषद	..234
29	एकाक्षरोपनिषद्	.120	59.	पंचब्रह्मोपनिषद	..236
30	नादविदूपनिषद्	...121	60	शारीरकोपनिषद	...238

61.	शाटयायनीयोपनिषद	239
62	याज्ञवल्क्योपनिषद	241
63	जाबालोपनिषद	243
64.	परमहंस उपनिषद	.244
65	निर्वाणोपनिषद	. 245
66	परमहंस परिव्राजकोपनिषद	247
67	भिक्षुकोपनिषद	250
68	अवधूतोपनिषद	.. 251
69	योगचूडामणि उपनिषद	253
70.	महोपनिषद	261
71	त्रिशिख ब्राह्मणोपनिषद	282
72	अद्वयतारक उपनिषद	. .288
73	पाशुपत ब्रह्मोपनिषद	290
74	प्राण अग्निहोत्रोपनिषद	294
75	योग कुडलिनी उपनिषद	296
76	ध्यानविदु उपनिषद	302
77	अक्षमालिका उपनिषद	307
78	रुद्राक्ष जाबालोपनिषद	309
79	राम पूर्वतापिनी उपनिषद	.313
80	गोपाल पूर्वतापिनी उपनिषद	319
81	कृष्ण उपनिषद	321
82	गणपति उपनिषद	323
83	नृसिहपूर्वतापिनी उपनिषद	.325
84	नृसिह षट्चक्रोपनिषद	. 332
85	दक्षिणामूर्ति उपनिषद	333
86	शरभ उपनिषद	336
87	रुद्रोपनिषद	338
88	कालाग्नि रुद्रोपनिषद	339
89.	नील रुद्रोपनिषद	340
90	रुद्र हृदयोपनिषद्	342
91	गरुडोपनिषद्	345
92	लांगूलोपनिषद्	347
93	गायत्री रहस्योपनिषद्	348
94	सावित्री उपनिषद्	351
95	सरस्वती रहस्योपनिषद्	353
96	देवी उपनिषद्	358
97	बहु ऋचोपनिषद्	360
98.	सौभाग्यलक्ष्मी उपनिषद्	361
99	त्रिपुरोपनिषद्	364
100	सीता उपनिषद्	366
101.	राधा उपनिषद्	368
102	तुलसी उपनिषद्	369
103	नारायण उपनिषद्	370
104	सूर्य उपनिषद्	371
105	भावनोपनिषद्	373
106	चतुर्वेदोपनिषद्	375
107	चांक्षुप उपनिषद्	376
108	कलि सतरणोपनिषद्	377

□

1. ईशोपनिषद

शांति पाठ :

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

वह ब्रह्म पूर्ण है, यह कार्य जगत भी पूर्ण है । उसी पूर्ण से इस पूर्ण की उत्पत्ति हुई है, अतः उस पूर्ण से इस पूर्ण को निकाल देने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है ।

(1) इस परिवर्तनशील जगत मे यह जो कुछ भी चराचर दिखाई पडनेवाली वस्तुए है, ईश्वर उन सब में व्याप्त है । अतः उसका त्यागभाव से उपभोग करना चाहिए । जो वस्तु आपके पास नही है, उसका लोभ मत करो । भला यह धन किसका है ?

(2) इस विश्व मे जन्म लेकर श्रेष्ठ पुरुषार्थ करते हुए सौ वर्ष तक जीवित रहने की इच्छा करनी चाहिए । इस प्रकार (पूर्व श्लोक तथा इस श्लोक मे वर्णित) सभी उपदेशो के अनुसार आचरण करो । इससे अतिरिक्त उत्थान के लिए कोई मार्ग नही है । जो मनुष्य सासारिक भोगो को भोगते हुए भी कर्म मार्ग का परित्याग नही करता, उसे कर्म से उत्पन्न दोष नही छूते ।

(3) जो लोग केवल शारीरिक बल प्रदर्शन अर्थात परपीडन के लिए प्रसिद्ध है, जिनमे आदर्श मानवीय मार्ग को समझने की शक्ति नही है, वे वस्तुत असत मार्ग मे लगे है, वे अज्ञान के अधकार से व्याप्त है । वे वस्तुत आत्मघाती हैं । प्राण त्याग करने के बाद भी वे आसुरी लोको को प्राप्त होते है ।

(4) वह ब्रह्म एक है, चचलता रहित है, सबसे प्राचीन है, स्फूर्ति प्रदान करनेवाला है और मन से भी तेज चलनेवाला है । आख, जिह्वा, कान आदि इद्रियां उस तक नही पहुंच सकती । वह स्थिर रहने पर भी अन्य दौडते हुए लोगो से आगे बढ़ जाता है । मां के गर्भ मे रहनेवाला जीव उसी ब्रह्म के आधार से अपने पूर्व में किए हुए कर्म फल को प्राप्त करता है ।

(5) वह पूर्ण ब्रह्म समस्त सृष्टि को गति देते हुए भी स्वयं चंचलता रहित है । वह दूर भी है (अज्ञानियों के लिए) और पास भी है (ज्ञानियों के लिए) । वह इस चराचर जगत में प्रत्येक के अदर भी है और बाहर भी है । क्योंकि ज्ञानी लोग उसे अपने अंदर देखते है और अज्ञानी नही देखते ।

(6) जो मनुष्य सभी प्राणियो की आत्मा के अंदर आत्मा है, ऐसा अनुभव करता है और समस्त प्राणियों में उसी एक आत्मा का विश्वासपूर्वक अनुभव करता है, उसे किसी प्राणी के प्रति घृणा नही रहती ।

(7) इस प्रकार की अवस्था में पहुंचने पर ज्ञानी मनुष्य को आत्मा सर्वभूतमय है—ऐसा अनुभव होता है । इस प्रकार का अनुभव होने पर उसे मोह वाध नही सकते ।

(8) वह आत्मा सर्वत्र व्यापक है, शरीर रहित है, स्नायु एव व्रण हीन है, शुद्ध, निष्पाप और तेजोमय है। इद्रिय ज्ञान से परे है, मनीषी है, विजयी और स्वयंजन्मा है। उसने अनादिकाल से सभी इंद्रियो (जीभ, आंख, नाक, कान और त्वचा) तथा उनके विषयो (रस, देखना, सूंघना, सुनना और स्पर्श) की व्यवस्था की है।

(9) जो—आत्मा नही है—इस प्रकार की अविद्या के अनुयायी हैं, वे अज्ञान के प्रगाढ अधकार में प्रवेश करते है। साथ ही जो केवल आत्मज्ञान में ही डूब जाते हैं, वे अविद्या[1] के उपासक से भी अधिक गहन अंधकार में जाते है, क्योंकि सांसारिक सुखसाधन भी जीवन-यात्रा के निर्वाह हेतु आवश्यक है।

(10) विद्या अर्थात् आत्मज्ञान से आत्मा की उन्नति होती है। अविद्या से सासारिकता प्राप्त होती है। अत इन दोनो का फल भिन्न-भिन्न है। ऐसा हमने धीरोदात्त मनीषियों से सुना है, जिन्होने हमें इस विषय का उपदेश दिया था।

(11) विद्या से आत्मबल वढता है और अविद्या से सासारिक उन्नति प्राप्त होती है। जो इन दोनो को समान रूप से जानता है, वह अविद्या से अकाल मृत्यु को दूर करता है तथा विद्या से अमरत्व प्राप्त करता है।

(12) जो असंभूति (पृथकतावाद) की बात करते है, वे गहन अंधकार में प्रवेश करते है, और जो केवल संघवाद के ही उपासक है (व्यक्तिगत स्वतत्रता के विरोधी है), वे असभूतिवादियों से भी प्रगाढ अधकार को प्राप्त करते है[2] अत संघवाद और वैयक्तिक स्वतत्रता—(संभूति एव असभूति) दोनों की अतिवादिता उचित नही है।

(13) सघवाद और असभूतिवाद, इन दोनों के फल भिन्न-भिन्न हैं—ऐसा कहा गया है। ऐसा हमने धीरे पुरुषों से सुना है, जिन्होने हमें यह उपदेश दिया था।

(14) जो संघवाद और असघवाद दोनों के समुचित प्रयोग को जानता है, वह असघवाद से अपनी अकाल मृत्यु (रोग आदि) को दूर करके सघवाद से अमरता प्राप्त करता है।

(15) स्वर्णमय पान से सत्य का मुख वंद पडा है। भौतिकता सत्य को ढक देती है। हे परमात्मा ! सत्यधर्म का पालन करने के लिए तू उसे खोल दे। सत्यधर्म का पालन करने के लिए स्वर्ण अर्थात् धन-सपत्ति का लोभत्याग करना अनिवार्य है। तात्पर्य यह है कि धन सपत्ति का लालच व्यक्ति को सत्य से विमुख कर देता है। अत हे परमात्मा तू हमें लोभ मे बचा ले।

---

1 उपनिषदों में अविद्या शब्द का अर्थ वैद्यक, रसायन तत्र आदि भौतिक विज्ञानों से है तथा विद्या शब्द का अर्थ अध्यात्म विद्या है।

2 सघवाद की चरमवादिता व्यक्तिगत स्वतत्रता को नष्ट कर देती है। इस चरमवादिता के कारण ही हिटलर जैसे अधिनायकों का अभ्युदय हुआ था जो विश्वयुद्ध का कारण बना। काट, हीगल आदि पाश्चात्य विचारक इसी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे।

(16) हे पोषक द्रष्टा नियामक, तेज स्वरूप, प्रजापालक ईश्वर । अपनी किरणो को एक ओर समेट लो (इनकी चकाचौध मुझे देखने नही देती), और जो तेरा परम कल्याणकारक तेजस्वी स्वरूप है, उसे मै देखता हू। यह जो इस शरीर मे प्राणो को धारण करनेवाला भक्त है, वह मैं ही हू।

(17) हमारा यह आत्मा अपार्थिव और अमृतरूपी शक्तिवाला है, और यह शरीर अत मे भस्म होनेवाला है। अत हे कर्म करने वाले पुरुष अपने द्वारा किए जानेवाले कर्मो का ध्यान कर। सर्वरक्षक आत्मा का ध्यान कर हे कर्म करनेवाले पुरुष किए हुए कर्मों का ध्यान कर।

(18) हे अग्निस्वरूप ईश्वर हमें उत्तम मार्ग से अभ्युदय की ओर ले चल। हे देव। तू हमारे सभी कर्मो को जानता है। हमारे पास से कुटिल पापो को दूर कर। हम तुझे विशेष रूप से नमन करते हुए तेरी स्तुति करते है।

□

2 केनोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायतु ममागानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मोनिषद माह ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोद निराकरणमस्त्वनिराकरण मेऽस्तुतदात्मानि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि संतु।

ॐ शांति शाति शाति ।

मेरे अग पुष्ट हो तथा मेरे वाक, प्राण चक्षु, श्रोत्र, बल और सपूर्ण इंद्रिया पुष्ट हो। यह सब उपनिषद विद्या ब्रह्म है। मै ब्रह्म का निराकरण न करू, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे। इस प्रकार हमारा परस्पर अनिराकरण हो। उपनिषदों मे जो धर्म है, वह आत्मज्ञान मे लगे हुए मुझ मे निहित हो, वह मुझ मे निहित हो। त्रिविध तापो की शाति हो।

प्रथम खंड

(1) यह मन किसकी इच्छा से प्रेरित होकर अपने विषयो में गिरता है ? यह प्राण किसके द्वारा प्रयुक्त होने पर चलता है ? यह वाणी किसके द्वारा इच्छा किए जाने पर बोलती है ? कौन देव नेत्रो तथा कानो को प्रेरित करता है ?

(2) जो कानो का भी कान, मन का भी मन और वाणी की भी वाणी है, वही प्राणो का भी प्राण और चक्षु का भी चक्षु है। इस तथ्य को जानकर धीर पुरुष मृत्यु के पश्चात मुक्त होकर अमर हो जाते है।

(3) उस ब्रह्म तक आंखें, वाणी और मन पहुच ही नही सकते। अतः उस ब्रह्म के विषय में शिष्य को किस प्रकार उपदेश देना चाहिए, यह हम नही जानते, यह हमारी बुद्धि में नही आता। वह विदित एव अविदित से अन्य ही है, ऐसा हमने अपने पूर्व पुरुषो से सुना है, जिन्होने हमें उसका उपदेश दिया था।

(4) जो वाणी से प्रकाशित नही हो सकता, किंतु जिससे वाणी प्रकाशित होती है उसी को ब्रह्म समझना चाहिए। यह जिस विशेष नाम युक्त ईश्वर (जैसे इद्र, अग्नि, वायु, विष्णु, रुद्र आदि) की लोग उपासना करते है, वह ब्रह्म नही है।

(5) जिसके विषय में मन मनन नही कर सकता, परतु जिसकी सत्ता से मन मनन करने की सामर्थ्य रखता है, ऐसा कहा जाता है, उसी को ब्रह्म समझो। जिस विशेष नामयुक्त ईश्वर की लोग उपासना करते है, वह ब्रह्म नही है।

(6) जिसे कोई नेत्र नही देखता, किंतु जिसकी महायता से नेत्र अपने विषय को देखते है, उसी को ब्रह्म समझो, जिस विशेष नाम युक्त ईश्वर की लोग उपासना करते हैं, वह ब्रह्म नही।

(7) जिसे कोई कान नही सुनता, परंतु जिसकी सहायता से कान सुनने का कार्य करते है, उसी को ब्रह्म समझो। जिस विशेष नामधारी ईश्वर की लोग उपासना करते है, वह ब्रह्म नही है।

(8) जो नासिका मे स्थित प्राण वायु का विषय नही बन सकता, अपितु जिससे प्राण अपने विषय (सूघना) कार्य करते है, उसी को ब्रह्म समझो। जिस विशेष नामधारी ईश्वर की लोग उपासना करते है, वह ब्रह्म नही है।

द्वितीय खंड

(1) 'यदि तुम यह समझते हो कि तुम ईश्वर को अच्छी तरह जानते हो, तो निश्चय ही तुम ब्रह्म का अल्प रूप ही जानते हो। इसका जो रूप तुम जानते हो और जो रूप देवताओ मे जाना जाता है, वह भी अल्प ही है। अत तुम्हारे लिए ब्रह्म विचार करने योग्य है।' इस पर एकांत मे विचार करने के अनंतर शिष्य ने कहा कि 'वह अब ईश्वर को जान गया है।'

(2) मै न तो यह मानता हूं कि मै ब्रह्म को अच्छी तरह जान गया हू और न यही समझता हूं कि उसे नही जानता हूं। इसलिए मै उसे जानता भी हू और नही भी जानता हू। हम शिष्यो मे ब्रह्म के विषय में जिसकी यह धारणा है कि मै उसे जानता भी हूं और नही भी जानता हू, वही ब्रह्म को जानता है।

(3) ब्रह्म जिसे ज्ञात नही है, उसी को ज्ञात है। जिसको ज्ञात है, वह उसे नही जानता, क्योकि वह जाननेवालों का बिना जाना हुआ और न जाननेवालों का जाना हुआ है। अन्य वस्तुओ के समान दिखाई न पड़ने के कारण वह इद्रियों का विषय नही बन सकता।

(4) सभी इंद्रियां ब्रह्म की सत्ता से ही कार्य करती है, अत प्रत्येक इद्रिय के विषय से उसका ही बोध होता है, इसी से वह जाना जाता है, यही उसका ज्ञान है। इसी ब्रह्मज्ञान से अमरता प्राप्त होती है। अमरता स्वय से ही प्राप्त होती है, विद्या तो केवल अज्ञान के अंधकार को दूर करने मे सहायक सिद्ध होती है।

(5) यदि इसी जन्म मे ब्रह्म को जान लिया जाए, तब तो ठीक है। यदि ऐसा न हो पाए तो यह प्राणी के लिए सर्वाधिक हानि की बात है। ज्ञानी लोग प्रत्येक प्राणी में ब्रह्म की सत्ता को देखकर, मृत्यु के पश्चात अमर हो जाते है।

तृतीय खंड

(1) यह प्रसिद्ध है कि पूर्व कथित लक्षणोवाले परब्रह्म ने देवताओं के लिए विजय प्राप्त की थी। कहते है कि उस ब्रह्म की विजय से देवताओं ने विजय प्राप्त की थी।

(2) तब देवताओं ने सोचा यह विजय उनके निजी प्रयत्नों से मिली है। कहते है— वह ब्रह्म देवताओं के मनोभावों को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रादुर्भूत हुआ। यक्ष के रूप में आए हुए उस ब्रह्म को देवता लोग नही पहचान सके कि यह कौन है ?

(3) वे देवता अग्नि से बोले, 'हे अग्नि यह ज्ञात करो कि यह यक्ष कौन है ?' अग्नि ने स्वीकृति दे दी।

(4) अग्नि यक्ष रूपी ब्रह्म के पास गया, यक्ष ने अग्नि से पूछा, 'तुम कौन हो।' इस पर अग्नि ने उत्तर दिया, 'मै अग्नि हू। मेरा नाम जातवेदास भी है।'

(5) इस पर यक्ष ने पूछा, 'हे जातवेदास, तेरे नाम के अनुरूप तुझमें कौन-सी शक्ति है ?'

अग्नि ने उत्तर दिया, 'पृथ्वी में दिखाई देनेवाले इस समस्त चराचर को मैं जला सकता हू। आकाश में स्थित वस्तुए भी मुझसे जल सकती है।'

(6) यक्ष ने अग्नि को एक तिनका दिया और कहा, 'इसे जलाकर दिखाओ।'

अग्नि उस तिनके में प्रविष्ट हुआ, किंतु अपनी संपूर्ण शक्ति से भी उसे न जला सका और लौटकर देवताओ के पास चला आया तथा उनसे बोला, 'यह यक्ष कौन है ? मै इस तथ्य का पता न लगा पाया।'

(7) तदनतर देवताओं ने वायुदेव को आज्ञा दी, 'हे वायु, अब तुम मालूम करो कि यह यक्ष कौन है ?'

वायु 'बहुत अच्छा' कहते हुए चल पड़ा।

(8) वायु यक्ष के पास गया। इस पर यक्ष ने प्रश्न किया, 'तुम कौन हो ?' यह पूछे जाने पर वायु ने कहा, 'मै वायु हू, मुझे मातरिश्वा भी कहते हैं।'

(9) तब यक्ष ने पूछा, 'हे वायु । तुझमें क्या शक्ति है ?' वायु ने कहा, 'पृथ्वी में जो कुछ भी है, उसे मै उडा सकता हूं।'

(10) तब यक्ष ने एक तिनका देते हुए वायु से कहा, 'इसे उड़ाओ,' इस पर वायु तिनके के पास गया, किंतु अपनी पूरी शक्ति से भी उसे उड़ा नही सका। तब वह भी देवताओं के पास लौट आया और बोला, मै इस बात को नही जान पाया कि यह यक्ष कौन है ?'

(11) तब देवताओं ने इद्र से कहा, 'हे मेघवन। अब तुम इस बात का पता लगाओ कि यह यक्ष कौन है ?' 'बहुत अच्छा' कहकर इद्र यक्ष के पास गया, किंतु यक्ष इंद्र के सामने से अतर्धान हो गया।

(12) जिस आकाश में वह यक्ष अतर्धान हुआ था, इंद्र भी वही गया। वही उसने उस शोभामयी स्त्री हिमालय की पुत्री उमा (ब्रह्म विद्या) से पूछा, यह यक्ष कौन है ?'

चतुर्थ खंड

(1) उस विद्या देवी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'यह ब्रह्म है, इसकी विजय मे ही तुम महिमामय हुए हो।' ऐसा कहते हैं कि तभी इद्र ने जाना कि वह ब्रह्म था।

(2) अग्नि, वायु और इद्र इन तीनों देवताओं ने ही सबसे पहले यह जाना कि 'यह ब्रह्म है।' तथा इन तीनों ने ही सर्वप्रथम उसका स्पर्श किया था। वे अन्य देवताओ मे श्रेष्ठ माने गए।

(3) इद्र ने सर्वप्रथम समीपस्थ ब्रह्म का स्पर्श किया और जाना कि यह ब्रह्म है, अत वह सभी देवताओ मे प्रमुख माना गया ।

(4) यह उस ब्रह्म का उपासना-सबंधी उपदेश है, जो पलक झपकने अथवा विद्युत चमकने के समान उत्पन्न हुआ । यह उस ब्रह्म का अधिदेवता रूप है ।

(5) अब अध्यात्म उपासना का उपदेश इस प्रकार है—मन को गतिमान कहा जाता है । यह ब्रह्म इस प्रकार मन से ही बार-बार ब्रह्म का स्मरण होता है तथा निरतर सकल्प किया जाता है ।

(6) वह ब्रह्म ही वन अर्थात् भजन करने योग्य है, अतः उसकी वन नाम से उपासना करनी चाहिए । जो उसे इस तरह जानता है, उसी को सभी प्राणी अच्छी तरह चाहने लगते है ।

(7) शिष्य द्वारा गुरु से उपनिषद् शिक्षा के विषय मे अनुरोध किया गया । अत इस शिक्षा को देने के बाद गुरु ने कहा—'मै तुम्हे ब्रह्मविषयक उपनिषद् का ज्ञान दे चुका हू । अब तुम्हे ब्रह्म जाति संबंधी उपनिषद् का ज्ञान दूगा ।

(8) उस ब्राह्मी उपनिषद् की तप, दम, कर्म, वेद और संपूर्ण वेदांग (व्याकरण, ज्योतिष, छद आदि) यह सब प्रतिष्ठा है तथा सत्य उसका घर है ।

(9) जो निश्चयपूर्वक इस उपनिषद् को इस प्रकार जानता है, वह अपने पापों को नष्ट करके अनत और महान स्वर्गलोक में प्रतिष्ठित होता है ।

□

3. कठोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सहनाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहे।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

परमात्मा हम दोनों (गुरु एवं शिष्य) की एक साथ रक्षा करे, एक साथ हमें उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो। हम द्वेष न करें।

प्रथम अध्याय

प्रथम वल्ली

(1) वाजश्रवा के पुत्र उद्यालक ने यज्ञ में प्रबल फल की कामना से अपना सब कुछ दान कर दिया। उनका नचिकेता नाम का एक पुत्र था।

(2) ब्राह्मण दान में मिली बूढी गायों को ले जा रहे थे, तब बालक नचिकेता के मन में इन गायों के प्रति दयाभावना उत्पन्न हुई। अत. उसने विचार किया।

(3) ये गाए अपने जीवन का पानी पी चुकी है, घास चर चुकी है, इनका दूध दुहा जा चुका है तथा अब ये अत्यत दुर्बल एव प्रजनन शक्ति रहित हो चुकी हैं। इस प्रकार की गाए ब्राह्मणों को दान में देने से उन्हें क्या सुख मिलेगा ?

(4) पिता के इस व्यवहार को देखकर बालक नचिकेता ने पूछा, 'पिताजी ! जब आप इन बूढी गायों को ब्राह्मणों को दान में दे रहे हैं, तो मुझे किसे देंगे ? बालक के बार-बार यही प्रश्न पूछे जाने पर खिन्न होकर पिता ने कहा, 'मै तुझे मृत्यु को दूंगा।'

(5) अपने प्रिय पुत्र के प्रति ऐसे वचन कहे जाने पर बालक ने मन में सोचा कि पिता के शब्द मिथ्या सिद्ध न हों। अत उसने कहा—

(6) आप अपने पूर्वजों और अन्य साधु-महात्माओं के जीवन का अवलोकन कीजिए तथा उन्ही के अनुसार अपने वचन को मिथ्या सिद्ध नही होने दीजिए, क्योंकि मनुष्य फसलों के समान ही जीर्ण होकर मृत्यु को प्राप्त होता है तथा पुन. जन्म लेता है। अत· अपने वचन का पालन कीजिए।

(7) अपने वचन को पूर्ण करने के लिए पिता ने पुत्र को यम के पास भेज दिया। यम के सभासदों ने उससे कहा, 'अपने तेज से घरों को जलाता हुआ जिस तरह साक्षात अग्नि के समान यह ब्राह्मण आपके यहा आया है, अत. आप पांव धोने हेतु जल देकर अर्थात् समुचित साक्षात्कार करके उसे शात कीजिए।

(8) जिसके घर में ब्राह्मण भूखा रहता है, उसकी सभी इच्छाए, प्रतीक्षाएं, सत्सग से प्राप्त फल, सत्य वाणी बोलने का फल, यज्ञ आदि करने से प्राप्त फल, पुत्र, पशु आदि सब नष्ट हो जाते हैं।

(9) तब यम ने कहा, 'हे ब्राह्मण अतिथि। आपने मेरे यहां अनशन करते हुए तीन रात्रिया व्यतीत की है। मैं आपको नमस्कार करता हू। आप कुपित न हो। मेरा कोई अमगल न हो। अत आप मुझसे कोई तीन वर मांग लीजिए।'

(10) नचिकेता ने कहा, 'हे मृत्यु । यदि आप मुझे वर देना चाहते है, तो प्रथम वर यह दीजिए कि मेरे पिता का मेरे प्रति क्रोध शात हो जाए और वह मुझसे प्रसन्न हो जाएं। यहा से घर लौटने पर वह मुझे पहचान लें। तीन वरो में यही प्रथम वर मुझे दीजिए।

(11) यम ने कहा, 'हे नचिकेता मुझे मृत्यु के पास से लौटे हुए तुमको सामने देखकर तुम्हारे पिता पहले की तरह ही प्रसन्न हो जाएगे।'

(12) नचिकेता ने पुन. कहा, 'स्वर्गलोक मे न तो हे मृत्यु तुम्हारा भय है और न वृद्धावस्था का। वहा भूख और प्यास का बधन भी नही है। अत· वहां मनुष्य सदा प्रसन्न रहता है।'

(13) हे मृत्यु स्वर्गलोक को प्राप्त करने की साधनभूत उस अग्नि के ज्ञान को मुझे दीजिए, जिससे देवपद की प्राप्ति होती है। यह अग्नि विज्ञान को वर ही मेरा द्वितीय वर है।

(14) यम ने कहा, 'नचिकेता । उस स्वर्गप्रद अग्नि का मै तुम्हे उपदेश देता हू। तुम उसे एकाग्र मन होकर जान लो। अनत लोक में प्रतिष्ठा देनेवाली, विद्वानो द्वारा गुप्त रखी हुई और मेरे द्वारा कही गई इस अग्नि को जानो।'

(15) मृत्यु ने जगत की उत्पत्ति के प्रथम कारण उस अग्नि का उसके सभी नियमों और प्रयोगो की विधि सहित नचिकेता को उपदेश दिया। नचिकेता ने उस समस्त उपदेश को फिर यम के समक्ष दोहराया तब यम संतुष्ट हुआ।

(16) इस पर संतुष्ट होते हुए यम ने कहा, 'मै तुम्हे यह आशीर्वाद देता हूं कि जिस अग्नि विद्या का मैंने तुम्हें उपदेश दिया है, वह तुम्हारे ही नाम से (नाचिकेत अग्नि) जानी जाएगी और विविध वर्णोवाली तथा शब्द करनेवाली इस माला को भी ग्रहण करो।

(17) इस नाचिकेत अग्नि का तीन बार स्तवन करनेवाला माता-पिता और गुरु इन तीनों से ज्ञान प्राप्त करनेवाला जन्म और मृत्यु के बधन से मुक्त हो जाता है।

ब्रह्म से उत्पन्न इस प्रशसनीय ज्ञान का साक्षात्कार करनेवाला मनुष्य परम शक्ति को प्राप्त करता है।

(18) जो तीन नाचिकेत अग्नि की उपासना करता है और इसे ठीक-ठीक जानकर यज्ञ करता है, वह मृत्यु के बंधन और शोक से मुक्त होकर स्वर्गलोक में आ नद प्राप्त करता है।

(19) यम बोले, 'हे नचिकेता स्वर्ग प्राप्त करने की साधन इस अग्नि का वरदान मैंने तुम्हारे कहने पर दिया तथा यह अग्नि तुम्हारे ही नाम से प्रसिद्ध होगी, यह वर मैंने प्रसन्न होकर तुम्हें दिया है। अब तुम अपना तीसरा वर मागो।'

(20) नचिकेता ने पूछा, 'कुछ लोग कहते हैं कि मृत्यु के उपरात आत्मा इस शरीर को छोडकर दूसरी देह धारण कर लेती है तथा कुछ अन्य लोग इसे नही मानते; अत यहा इस विषय में मुझे सदेह

जैसा हो रहा है। कृपया आप मुझे अपना शिष्य मानते हुए, तृतीय वर के रूप में इसी विद्या का ज्ञान दीजिए।'

(21) यम ने कहा, 'प्राचीन काल मे देवताओं को भी इस विषय में सशय हुआ था; आज तुम भी इसी संशय के विषय मे समाधान चाहते हो। आत्मा-संबंधी यह प्रश्न अत्यत कठिन है, तुम इसे नही समझ पाओगे; अत· इसके स्थान पर कोई दूसरा वर माग लो।'

(22) नचिकेता ने कहा, 'देवताओ ने भी इस प्रश्न पर शका की थी, और हे मृत्यु आप भी इसे कठिन कहते है, इस प्रश्न के विषय मे आपके समान उपदेशक दूसरा नही हो सकता इसके समान कोई दूसरा वर नही हो सकता।'

(23) यम ने कहा, 'हे नचिकेता तुम सौ-सौ वर्ष की आयुवाले पुत्रो और पौत्रो का वर माग लो, जितने चाहो हाथी, घोड़े और सोना माग लो, जितनी चाहो भूमि माग लो और अपने लिए इच्छित आयु माग लो, किंतु यह वर न मागो।

(24) इससे भी अधिक जो कुछ भी तुम चाहो और जितनी अवधि के लिए चाहो, धन अथवा भूमि, तुम मागो मै सहर्ष देने को तैयार हू।

(25) जो-जो भी वस्तुए संसार मे दुर्लभ है, वह सब कुछ तुम मांग लो। मनुष्यो द्वारा सर्वथा अप्राप्य वाहनो और रथों से युक्त सुदर अप्सराए माग लो और उनसे अपनी सेवा कराओ, किंतु मरण विषयक इस प्रश्न को न पूछो।

(26) इन सब काम भोगो की निदा करते हुए नचिकेता ने कहा, 'ये सब काम-भोग आज है, तो कल नही रहेगे। हे मृत्यु ! मनुष्य की सभी इद्रिया धीरे-धीरे तेजहीन हो जाती है। कितनी ही लबी आयु क्यों न मिले वह भी नष्ट होनेवाली है। यह सब रथ आदि वाहन और नृत्यगीत आदि आप अपने ही पास रहने दें।

(27) मनुष्य को चाहे कितना ही धन क्यों न मिले, वह की संतुष्ट नही हो सकता। हे मृत्यु मैने तुम्हारे दर्शन कर लिए है और एक-न-एक दिन सभी को आपके पास आना होता है। अत असीमित धन भी व्यर्थ ही है। तुम्हारी इच्छा के अनुसार ही मानव जीवित रह सकता है। इस सबको देखते हुए मैं आपसे यही वर चाहता हू।

(28) अजर और अमर लोक को प्राप्त करने का उपाय जान जाने पर कौन ऐसा मनुष्य होगा, जो वृद्धावस्था और मृत्युवाली इस पृथ्वी की गति को जानते हुए अल्पकालिक जीवन के राग-रग और आमोद-प्रमोद में मन लगाएगा।

(29) अत हे मृत्यु इन कामादि प्रलोभनों को छोडकर आप मेरे द्वारा चाहे गए इस मृत्यु विषयक वर को ही मुझे दीजिए। इस गूढ वरदान के अतिरिक्त आपसे कुछ नही मागता।

द्वितीय वल्ली

अनेक प्रकार से नचिकेता की परीक्षा लेने के बाद यम ने कहना प्रारभ किया कि हे नचिकेता ! 'श्रेय (कल्याणकारक) और प्रेय (प्रिय लगनेवाला) दो भिन्न-भिन्न मार्ग हैं। यह दोनो अनेक प्रकार

से पुरुष को बधन मे डालते है । इनमे श्रेय का वरण करनेवाला व्यक्ति कल्याण को प्राप्त करता है तथा प्रेय का वरण करनेवाले के कल्याण की हानि होती है । बुद्धिमान मनुष्य श्रेय एव प्रेय पर भली-भाति विचार करके श्रेय (श्रेयस्कर) मार्ग को अपनाता है, किंतु मूर्ख व्यक्ति अपने योगक्षेम के वहन हेतु प्रेय का मार्ग अपनाता है ।

अत हे नचिकेता तुमने प्रिय काम भोगो की तुलना मे इस श्रेयस्कर (मृत्यु विद्या) मार्ग का वरण किया है । बडे-बडे लोग (जो वस्तुत मूर्ख हैं) इस वित्तमयी माया मे डूब जाते है, किंतु तुम इससे उबर गए हो ।

यह श्रेय और प्रेय विषयक विद्याए एक दूसरे से दूर और विपरीत गुणोवाली है । हे ब्रह्म विद्या के इच्छुक नचिकेता मै समझता हू कि कामनाएं तुम्हे डिगा नही पाई है ।

अपने को धीर और पडित माननेवाले अविद्या के अधकार मे डूबे हुए एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति का मार्गदर्शन कराया जाना ठीक उसी प्रकार है, जैसे एक अधे द्वारा दूसरे अधे का मार्गदर्शन । इस प्रकार वह दोनो ही वास्तविक मार्ग से भटक जाते है ।

धन के लोभ मे डूबे हुए मूर्ख व्यक्ति को प्रमाद के कारण स्वर्गलोक-प्राप्ति का मार्ग अच्छा नही लगता है । इस लोक के अतिरिक्त दूसरा लोक नही है, ऐसा मानने वाले मूर्ख लोग बार-बार मुझ मृत्यु को प्राप्त करते है ।

जिस आत्मा के विषय मे बहुत से लोगो ने सुना भी नही है और सुनकर भी बहुत से लोग इसके विषय में कुछ नही जानते है । इसके विषय मे बोलनेवाला भी विरला ही होता है और इसे प्राप्त करनेवाला भी विरला ही होता है । किसी कुशल आचार्य द्वारा उपदेश प्राप्त किया हुआ इसको जानने वाला तो कोई एक ही होता है ।

इस जिस आत्मा के विषय मे तुमने मुझसे प्रश्न किया है, वह अनेक बार चितन किए जाने पर भी सरलता से समझा जानेवाला नही है । साथ ही कोई सामान्य व्यक्ति भी इसके विषय मे कुछ नही बता सकता । इसे तर्क से नही समझा जा सकता । किसी आत्मसाक्षात्कार किए हुए आचार्य की कृपा से ही इसका अनुभव किया जा सकता है ।

यह सुबुद्धि तर्क द्वारा प्राप्त नही होती । इसका उपदेश कोई आत्मा को जानने वाला आचार्य ही दे सकता है । अत हे प्रिय सत्यवादी धैर्यशाली नचिकेता । तुमने यह ज्ञान मुझसे कृपावश प्राप्त किया है, क्योकि तुम जैसा प्रश्नकर्ता विश्व मे कोई दूसरा नही होगा । (1-9)

नाशवान वस्तुओ से अनश्वर (आत्मतत्त्व) की प्राप्ति नही हो सकती । मै जानता हू कि यह धन-सपत्तिया अनित्य हैं । इसलिए मैने भी धन-धान्यादि अनित्य सुखो का परित्याग करके इस चिरस्थायी नचिकेता अग्नि को प्राप्त किया है । (10)

तुमने समस्त कामनाओं को, विश्वभर की प्रतिष्ठा को अनंत यज्ञों के फल को, आत्मज्ञान के अत को, परम अभय पद को, प्रशसनीय अणिमा आदि सिद्धियों को तथा महान गति को प्राप्त कर लिया है । हे नचिकेता तुम अपने धैर्य से सभी सासारिक भोगो से ऊपर उठ गए हो ।

उस गूढ़ दुर्लभ दर्शन हृदय गुहा में प्रविष्ट ब्रह्म को अध्यात्मिक योग से देखने पर साधक हर्ष एव शोक से मुक्त हो जाता है। तुम्हारे जैसे लोग इस ज्ञान को सुनकर ग्रहण करके फिर उस पर विचार करके जानकर ब्रह्म को प्राप्त कर लेते है। अतः तुम्हारे लिए परम धाम का द्वार खुल गया है। (11-13)

नचिकेता ने कहा, 'हे यम जिस परमात्मा को तुम धर्म-अधर्म, भूत-भविष्य तथा कर्म-कारण से परे कहते हो, उसके विषय में बताओ।' (14)

यम ने बताया, 'जिसकी महिमा को वेद बताते है, जिसका समस्त तप अभ्यास करते है और जिसकी प्राप्ति हेतु ब्रह्मचारी व्रत पालन करते है, उस 'ओम' के विषय मे मै सक्षेप मे तुम्हे बताता हूं। यही अक्षर ब्रह्म, परम ब्रह्म है। इसे जानकर सभी कुछ मिल जाता है। इसी का आाबन श्रेष्ठ एव परम पुनीत है। इस आलबन को जानकर ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। न तो यह आत्मा उत्पन्न होता है और न मरता है। न इससे कोई पैदा होता है। नश्वर शरीर मे रहने पर भी यह शाश्वत अजन्मा, पुराना और नित्य है। मारने या मरनेवाला यदि स्वय को हता या मरा समझते है, तो यह उनका अज्ञान है, न तो कोई किसी को मारता है और न कोई मरता है। प्राणी की गुणो मे स्थित आत्मा सूक्ष्म से भी सूक्ष्म तथा महान से भी महान है। परमात्मा की कृपा से ही कोई शोकरहित साधक उसे देख सकता है। यह बैठा हुआ भी दूर तथा सोया हुआ भी चारो ओर चला जाता है। मेरे सिवा इसे अन्य कौन समझा सकता है ? यह शरीरों मे अशरीर एव अस्थिरो मे स्थिर है। इस महान विभु को जाननेवाला कभी दुखी नही होता। यह प्रवचनो, बुद्धि या बहुत सुने जाने पर भी प्राप्त नही होता। केवल उसी की कृपा से यह प्राप्त होता है। दुश्चरित्र, असयमी और स्थिर व्यक्ति उसे अपनी सूक्ष्म वुद्धि द्वारा भी नही देख सकता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि प्राणी जिसके भोजन बन जाते हैं और मृत्यु जिसका उपसेचन बनती है, ऐमे परमात्मा को कौन जान सकता है ? (15-25)

तृतीय वल्ली

परम गुहा में स्थित लोक में अपने कर्मफलों को भोगते हुए छाया और प्रकाश के समान ब्रह्मवेत्ता तथा तीन बार नाचिकेत अग्नि का सेवन करके पंचयज्ञों को करनेवाले भी ऐसा कहते है कि प्रकृति-रूपी वृक्ष पर स्थित जीवन और ब्रह्म-रूपी दो पक्षी है। इनमे एक फलो का स्वाद लेता है और दूसरा न खाते हुए भी माक्षी जैसा है। हे नाचिकेत अग्नि यज्ञ कर्ताओं को ससार सागर मे पार करने के साथ ही इसमे रहनेवाले मनुष्यों को भी अक्षर ब्रह्म को जानने की शक्ति दो। शरीर को रथ जीवात्मा को सवार, वुद्धि को सारथी तथा मन को लगाम समझो। इद्रिया को घोडे, शब्दादि विपयों को मार्ग तथा जीवात्मा को विद्वानों ने भोक्ता कहा है। विवेकहीन वुद्धि तथा असयमी मनवाले की इद्रिया अप्रशिक्षित सारथी के समान स्वछंद हो जाती है। विवेकशील वुद्धि तथा सयमित मन व्यक्ति की इद्रिया कुशल सारथी के घोडों के समान वश में रहती हैं। अविवेकी वुद्धि तथा असयमित मनवाले पापी को परम पद प्राप्ति नही होती; वह सदा जन्म-मृत्यु के चक्र में घूमता रहता है। इसके विपरीत विवेक वुद्धि, सयमी मन तथा पवित्र आत्मा जन्म-मृत्यु चक्र से छूटकर परमपद प्राप्त करता है। विवेकी सारथी के समान वुद्धिवाला मन-रूपी लगाम वश मे रखकर ससार

से मुक्त होकर परमपद पाता है। इंद्रियों से विषय, विषयो से मन तथा मन से बुद्धि शक्तिशाली है और आत्मा सबसे शक्तिशाली और श्रेष्ठ है। (9-10)

आत्मा से अव्यक्त, अव्यक्त से परम पुरुष श्रेष्ठ है और इससे कुछ भी श्रेष्ठ नही है। यही पराकाष्ठा और परम गति है। उन सभी प्राणियो में गूढ आत्मा प्रकाशित नही होता। केवल सूक्ष्मदर्शी ही अपनी सूक्ष्म बुद्धि से उसे देखते है। ज्ञानी व्यक्ति वाणी को मन से, मन को ज्ञान से, ज्ञान को बुद्धि से, बुद्धि को आत्मा से तथा आत्मा को प्रशात आत्मा के साथ जोड़े। उठो, जागो और श्रेष्ठ जनों की संगति से परमेश्वर को जानो। विद्वानो ने इसकी प्राप्ति के मार्ग को छुरे की धार के समान तेज कहा है। शब्द, स्पर्श आदि पाच विषयो के ज्ञान से दूर परमात्मा आदि—अतहीन, नित्य अव्यय तथा आत्मा से भी श्रेष्ठ है। इसके ज्ञान से मनुष्य मृत्यु के मुख से बच जाता है। (11-15)

यमराज द्वारा नचिकेता से कहे गए इस पुराण आख्यान को कहकर या सुनकर विवेकी पुरुष ब्रह्मलोक मे स्थान पाता है। जो पवित्रता के साथ ब्राह्मणों की सभा मे अथवा श्राद्ध के समय इस रहस्य विद्या को कहता है, वह अनत शक्तिवाला बनता है। (16-17)

द्वितीय अध्याय

प्रथम वल्ली

स्वयभू परमात्मा ने इद्रियो के द्वार बाहर की ओर बनाए है, अत· ये बाह्य वस्तुओ को ही ग्रहण कर सकती है, अतरात्मा को नही देख सकती। विरले ही धैर्यशाली अमृत्व की इच्छा से चक्षुद्वार को अदर को प्रेरित करके परमात्मा के दर्शन किए। बुद्धिहीन बाह्य विषयो मे फंसकर मृत्युपाश मे बधते है, बुद्धिमान सत्य स्वरूप को जानकर इनमे नही पडते। जिस परमेश्वर की प्रेरणा से मानव शब्द आदि विषयों और सुखो का अनुभव करता है, उसी की प्रेरणा से वह यह भी जानता है कि यहा क्या शेष रहता है। स्वप्न के तथा जागृत अवस्था के दृश्यो को मनुष्य जिसके द्वारा देखता है, उस परमात्मा को जानकर धीर लोग शोक मुक्त हो जाते है। इस जीवनदाता भूत-भविष्य के शासक परमात्मा को अपने समीप देखकर उसकी निंदा न करनेवाला उसी के समान हो जाता है। यह आत्मा तप तथा जल से भी पहले जन्मा है और हृदय गुहा में प्रवेश करके पचभूतों के साथ स्थित परमात्मा को देखता है। यही वह जीव है। प्राणों सहित जो देवी अदिति पैदा होकर हृदय गुहा मे प्रविष्ट होती है, यह वही है। नारी के गर्भ मे रक्षित शिशु के समान अरणियो मे विद्यमान अग्नि सदृश सर्वत्र व्याप्त परमात्मा प्रतिदिन स्तुति करने योग्य है। (1-8)

सूर्य का उदय और अस्त होना सब ईश्वर के कारण है, ऐसे ब्रह्म का कोई उल्लघन नही कर सकता। लोक-परलोक मे एक ही ब्रह्म है। इसे अलग-अलग माननेवाले अज्ञानी बार-बार मृत्यु को प्राप्त होते है। अंतर्मुखी होने से ही ब्रह्म की प्राप्ति होती है उसमे भिन्नता देखना उचित नही है। हृदयाकाश में स्थित अगुष्ठ मात्र जीव के मध्य ब्रह्म निवास करता है। उस ब्रह्म के साक्षात्कार से साधक प्रसन्न रहता है। अंगुष्ठमात्र इस निर्विकार ज्योति के समान ही ब्रह्म सबका स्वामी और सदा एक समान रहनेवाला है। गुण और गुणी एक-दूसरे से पृथक् नही हो सकते। अत गुणी ईश्वर गुण सृष्टि मे सर्वत्र व्याप्त है। जैसे दुर्ग मे बरसा हुआ जल पर्वत के विभिन्न स्थानों मे जाता है, वैसे ही

विभिन्न धर्म के जीव उसे विभिन्न रूप में देखते हुए भी उसी के पीछे दौडते है । जैसे वर्षा का जल जलाशयों में पहुचकर उन्ही जैसा हो जाता है, वैसे ही परमात्मा का ज्ञाता भी उसी के समान हो जाता है । (9-15)

द्वितीय वल्ली

चैतन्य रूप परमात्मा का नगर (शरीर) ग्यारह द्वारो (छिद्रो)वाला है । इस परमात्मा का ज्ञाता नि शोक होकर जन्म-मृत्यु के चक्र से छूटकर उसी के समान हो जाता है । परम धाम मे स्थित परमात्मा योनियों में तथा अंतरिक्ष में रहनेवाला भी है । वही आहुति देने वाला है । अतिथि है, वही मनुष्यो, देवताओ आदि मे है । जल, पृथ्वी, श्रेष्ठकर्म आदि मे प्रकट होनेवाला भी वही महान सत्य है । प्राणों को ऊपर उठानेवाले तथा स्वय देह मे नीचे निवास करनेवाले उस परमेश्वर की सभी देवता उपासना करते है । देह मे विद्यमान तथा एक से दूसरे देह मे जानेवाले आत्मा के देह को छोडने पर क्या शेष रहता है ? यही वह परमेश्वर है । देहधारी केवल प्राण एव अपान से ही जीवित नही रहता । यह देह भी गूढ सनातन ब्रह्म पर आश्रित है । हे नचिकेता तुम्हे अप्रकट सनातन विद्या बताता हूं कि देह के मरने पर आत्मा कैसे रहता है ? अपने-अपने कर्मो के अनुसार जीवात्मा योनि धारण करते हैं । कोई वृक्ष, लता आदि स्थावर भी बन जाते है । परमेश्वर का कोई भी अतिक्रमण नही कर सकता । वह विभिन्न भोगों को निर्माता है, सोने पर भी जागता है और उसी शुद्धस्वरूप अविनाशी ब्रह्म मे समस्त लोक स्थित है । (1-8)

एक ही होते हुए भी अतरात्मा रूप परमेश्वर विभिन्न देहो मे प्रविष्ट होकर अनेक प्रकार का बना है । सपूर्ण विश्व मे स्थित वह अग्निरूप बाहर भी है और अदर भी । वायु रूप मे भी वह इसी प्रकार है । सारे लोकों का नेत्र सूर्य जैसे प्राणियों के नेत्र दोषो से प्रभावित नही होता, वैसे ही परमात्मा भी प्राणियो के दु:खो आदि मे लिप्त नही होता । वह सबमें स्थित होते हुए भी उनसे बाहर है । सबके देहों में रहकर उन पर नियंत्रण रखनेवाला एक ही परमेश्वर अनेक रूप धारण करता है । अपने अदर स्थित उस ब्रह्म का निरतर दर्शन करने से विद्वानों को शाश्वन सुख की प्राप्ति होती है, अन्यो को नही । वह नित्यों का नित्य तथा चेतनों का चेतन है । अकेला होते हुए भी वह अनेको कार्य करता है । आत्मा में म्थित इस ब्रह्म को जो धैर्यशाली देखते है, वे शाश्वत शाति को प्राप्त करते है, अन्य नही । वह अनिर्वचनीय ब्रह्म ऐसा ही है । उसे कैसे समझाया जाए ? वह प्रकट होता है या उमकी अनुभूति होती है । वहा सूर्य, चद्रमा, तारे या विद्युत भी प्रकाशित नही होते । अग्नि का तो वश ही क्या ? ये सब उसी के प्रकाश से प्रकाशमान है । संपूर्ण विश्व उसी से प्रकाशवाला है । (9-15)

तृतीय वल्ली

नीचे जड और ऊपर शाखाओंवाला यह सनातन पीपल का वृक्ष है, वही चैतन्य है, वही ब्रह्म है, उसी को अमृत कहते हैं । इसी ब्रह्म में समस्त लोक आश्रित है । इसका कोई उल्लघन नही कर सकता । उसी मे यह जगत है तथा उसी से प्राणी गतिमान हैं । भयकर वज्र के समान शक्तिशाली इस परमात्मा के ज्ञान से अमृत्व प्राप्त होता है । इसी के भय से अग्नि और सूर्य तपते है तथा इसी मे वायु, इद्र एव मृत्यु क्रियाशील हैं । देहांत से पूर्व ही परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करना उचित है,

अन्यथा युगो तक योनियो मे जाना पड़ता है । दर्पण के समान निर्मल मन होने पर भी पितृलोक मे स्वप्न के समान ईश्वर दीखने लगता है, गंधर्व लोक मे जल के समान तथा ब्रह्म लोक मे तो धूप-छांव की तरह सब पृथक् दिखाई देने लगता है । पृथक्-पृथक् स्थिति और इद्रियो के विभिन्न भावों को जो उनके उदय और अस्त को जान लेता है कि ये नाशवान एव क्षणिक है, वह मनीपी दुखी नही होता । इंद्रियो से मन, मन से बुद्धि, बुद्धि से जीवात्मा तथा इससे भी अव्यक्त उत्तम है । अव्यक्त से व्यापक परम पुरुष बड़ा है । इसका ज्ञाता जीवन मुक्त होकर अमृत्व पाता है । इसका यथार्थ रूप सामने नही आता, क्योंकि आखे इसे देख नही सकती । यह केवल चितन, पवित्र हदय तथा बुद्धि द्वारा ही देखा जा सकता है । उसका ज्ञाता अमर हो जाता है । जब मन और पाचो ज्ञानेंद्रियां नियत्रित हो जाती है और बुद्धि स्थिर हो जाती है तो यह अवस्था परमगति कहलाती है । (9-10)

इद्रियो की स्थिरता को योग कहते है । तब प्रमाद नही रहता, किंतु यह उदय-अस्तशील है अत इसका निरंतर अभ्यास करना चाहिए । न तो यह मन से प्राप्त होता है और न ही वाणी या नेत्रो से, अत केवल 'ब्रह्म है', ऐसा कहने भर से इसकी प्राप्ति नही होती । निश्चयपूर्वक उसका अस्तित्व स्वीकार करके तत्त्व भाव से उसे प्राप्त करे, तभी उसका तत्त्व भाव प्रकट होता है । हदय की सभी कामनाए नष्ट होने पर साधक अमर होकर यही ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है । जब इसी लोक मे हदय की सभी ग्रथिया कट जाती है, तो यही अमृत्व को प्राप्त करता है । यही निश्चय नियम है । हदय स्थित एक सौ एक नाडियो मे से एक मूर्छा की ओर जाती है और इससे साधक ऊर्ध्व लोक मे पहुचकर अमृत्व प्राप्त करता है । अन्य सौ नाड़ियां प्राणो के साथ निकलकर विभिन्न गतिया प्राप्त करती है । अगुष्ठ मात्र अंतरात्मा पुरुष सदा प्राणियो के हृदय मे स्थित रहता है । उसे मूज के ततु के समान अपने से पृथक् कर उसी को अमृतमय समझो । यम द्वारा कही गई इस विद्या को पाकर नचिकेता मृत्युबधन से मुक्त होकर ब्रह्मरूप बन गया । इस अध्यात्म विद्या का ज्ञाता भी वैसा ही हो जाता है । (11-18)

□

4. प्रश्नोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिभिर्यजत्रा
स्थिरेररगैस्तुष्टुवां सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्ताक्ष्यों अरिष्टनेमि. स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति शांति शाति ।

हम कानो से कल्याणमय वचन सुने, नेत्रो से कल्याणमय चीजो को देखे और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे । इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करें । अमंगल नाशक गरुड और वृहस्पति हमारा कल्याण करे । दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दु ख शात हो ।

प्रथम प्रश्न

भारद्वाज पुत्र सुकेशा, शिवि पुत्र सत्यकाम, गर्ग गोत्रीय सौर्यायणी, कौशल गोत्रीय अश्वलायन, भार्गव और कात्यायन गोत्रीय कबधी परम ब्रह्मनिष्ठ ऋषि ब्रह्म की जिज्ञासा से परमात्मा का अनुसंधान करते हुए समिधाए लेकर पिप्पलाद ऋषि के पास आए। उन्हे पिप्पलाद ऋषि ने आज्ञा दी कि वे श्रद्धा सहित ब्रह्मचर्य का पालन करके एक वर्ष तक तप करें तभी वे अपनी जिज्ञासा प्रकट करें और तव यदि सभव हुआ तो उनके उत्तर दिए जाएगे । ऐसा ही करने के वाद सर्वप्रथम कबंधी ने उनके पास जाकर पूछा, 'भगवन किस कारण से यह प्रजा विभिन्न रूपों मे प्रकट होती है ?' इस पर महर्षि पिप्पलाद वोले, प्रजा उत्पन्न करने की इच्छा मे प्रजापति ने तपस्या करके सवसे पहले एक जोडा उत्पन्न किया, एक रयि तथा दूसरा प्राण, जिससे यह जोडा अनेक प्रकार की सृष्टि उत्पन्न करे । वस्तुत सूर्य ही प्राण है और चद्रमा ही रयि है । विश्व मे मूर्त एव अमूर्त जो कुछ भी है, वह सब रयि का ही स्वरूप है । इसलिए मूर्तमान को रयि ही मानना चाहिए । रात्रि की समाप्ति होने पर उदय होनेवाला सूर्य प्राणो को अपनी किरणो मे धारण करता हुआ पूर्व दिशा मे उदित होता है । वही सूर्य दक्षिण को, पश्चिम को, ऊपर-नीचे सभी दिशाओं को प्रकाशित करके सभी प्राणियो के प्राणों को अपनी किरणों मे धारण करता है । ऐसा यह उदय होनेवाला सूर्य वैश्वानर अग्नि. विश्वरूप तथा प्राण-अग्नि रूप है । इसी वात को ऋचाओं ने भी कहा है । (1-7)

विश्वरूप, सवके आधार, सवके द्वारा जाने गए सवके आधार, तपते हुए, एकमात्र ज्योति, जो हजारों किरणों से सैकडों प्रकार मे व्याप्त है, सृष्टि के समस्त प्राणियो के लिए प्राण स्वरूप है, उदय को प्राप्त होते हैं (8) । वर्ष ही प्रजापति है जो दो अयन (उत्तरायण एव दक्षिणायन) वाला है । अत इस लोक मे जो लोग इच्छित कामना की पूर्ति के लिए इसे कर्म मानकर उपासना करते है, वे चद्रमा

के ही लोक को प्राप्त करते है। और वे ही जब पुन· लौटकर आते है,तो संतान की इच्छा करनेवाले वे ऋषि दक्षिण मे जाते है। यही रयि अर्थात् पितृयान नामक मार्ग है ऐसे व्यक्ति ब्रह्मचर्य सहित तपस्या करके श्रद्धा सहित अध्यात्म विद्या प्राप्त करके परमेश्वर का अनुसधान करके उत्तरायण से सूर्यलोक मे पहुच जाते है। यही सूर्य प्राणो का निवास स्थान है,यही अविनाशी है,भय से रहित है तथा यही परम गति भी है। ऐसा करनेवाले साधक जन्म लेकर संसार मे नही आते है। उनका जन्म-मृत्यु बधन छूट जाता है। (1-10)

सबके जानने योग्य परम ब्रह्म पांच पावोवाला, बारह आकृतियोवाला, स्वर्ग से भी ऊचे स्थानवाला,जल को उत्पन्न करनेवाला है,जो सात चक्रों (पहियो) तथा छ· अरो (रथ के बीच की लकड़िया)वाले विलक्षण रथ पर आरूढ होता है। मास (महीना) प्रजापति का रूप है। शुक्ल एव कृष्ण पक्ष इसके दो प्राण है। दूसरा पक्ष—कृष्ण पक्ष रयि है। इसमे सासारिक भोगो से सबधित अनुष्ठान आदि कर्म सपन्न किए जाते है,किंतु ऋषि लोग निष्काम कर्म करनेवाले होते है। अत वे समस्त कर्म शुक्ल पक्ष मे ही करते है। (11-12)

दिन एव रात्रि प्रजापति रूप है। दिन प्राण तथा रात्रि रयि है। अत· दिन मे रति कर्म करनेवाले व्यक्ति अपने प्राणो को नष्ट करते है। इसके प्रतिकूल रात्रि में यह कर्म करनेवाले को उसका कर्म हानिकारक नही होता। वह ब्रह्मचारी ही माना जाता है। अन्न भी प्रजापति का स्वरूप है। इसी से वीर्य बनता है। वीर्य से ही समस्त प्राणियो की उत्पत्ति होती है। प्रजापत्य व्रत का आचरण करनेवाले लोग मिथुन को जन्म देते है। जो व्यक्ति तपस्वी होते है तथा ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते है और सत्य का आचरण करते है,वे ब्रह्म लोक प्राप्त करने के अधिकारी होते है। जो व्यक्ति कुटिल आचरणवाले,मिथ्या का आश्रय लेनेवाले तथा सासारिक माया के वशीभूत होते है,उन्हे ब्रह्मलोक की प्राप्ति कदापि नही हो सकती। (13-15)

द्वितीय प्रश्न

इसके पश्चात् विदर्भ देश के भार्गव ऋषि ने पिप्पलाद ऋषि से पूछा,'भगवन् प्रजा को कितने देवता धारण करते है ? उनमे कितने प्रकाशित करनेवाले है ? तथा इन सबमे श्रेष्ठ कौन है ? (1)

महर्षि ने उत्तर दिया,'आकाश सबसे महान है। वायु,अग्नि,जल,पृथ्वी,वाणी,मन,चक्षु तथा कान,सभी देवता ही है। वे सब प्रकट होकर कहने लगे कि इस देह को उन्होंने ही धारण किया है, अत इसके आश्रय वे ही है। प्राण उन सबमें वरिष्ठ था। अत वह बोला,'गलतफहमी मे मत रहो। मै ही प्राण,अपान व्यान,उदान तथा समान अपने इन पांच रूपो से प्राणी के देह को आश्रय प्रदान करता हू और उसे धारण करता हू।' किंतु अन्य देवता उसकी बात नही माने। जैसे मधुमक्खिया छत्ता छोड देती है और राजा (वस्तुत· रानी) के बाहर निकलने पर सभी मधुमक्खिया छत्ता छोड देती है और राजा के ठहरने पर रुक जाती हैं,उसी प्रकार प्राण भी गर्व के साथ बाहर निकलने लगा। और उसके निकलते ही वाणी,मन,नेत्र आदि भी बाहर निकलने लगे। जब प्राण रुक गया,तो ये सभी रुक गए। इससे प्राण श्रेष्ठ सिद्ध हो गया। तब वाणी,मन आदि देवताओ ने उसकी स्तुति की। प्राण

को तपानेवाला अग्नि है। वही सूर्य है, वही मेघ है, वही वायु है, वही पृथ्वी तथा रयि है तथा सत-असत तथा अमृतमय भी यही प्राण है। (2-5)

रथ के पहियों—नाभि में लगे अरो के समान ऋचाओ मे, यजुष मे, साम मे, यज्ञ मे तथा ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि सभी में प्राणों का ही आधार बना हुआ है। अत हे प्राण तू ही प्रजापति है, तू ही गर्भ मे है, जो विचरण करता है और माता-पिता की आकृति मे तू ही उत्पन्न करनेवाला है अत हे प्राण। ये सभी देहधारी तुझे बलि अर्पित करते है। तू देह मे रहनेवाले पाचो प्राणो के साथ मे प्रतिष्ठित है। देवगणो के लिए वह्नि श्रेष्ठ है, पितर गणो के लिए स्वधा प्रथम वस्तु है, ऋषियो के श्रेष्ठ अथर्वा और अगिरस द्वारा इस सत्य को प्रमाणित किया गया है। हे प्राण तुम्ही इंद्र हो, और तुम ही सब तरह से रक्षा करनेवाले रुद्र हो, तुम्ही अपने तेज से अतरिक्ष में विचरण करते हो और तुम्ही समस्त तारा आदि ज्योतियो के स्वामी हो। हे प्राण ! स्वरूप सूर्य जब तुम जल बरसाते हो तो तुम्हारी यही प्रजा यह सोचकर प्रसन्न हो जाती है कि पर्याप्त अन्न उपजेगा। (6-10)

हे प्राण ! तुम एक अकेले व्रात्य होकर भी ऋषि हो। सारा विश्व तुम्हारी ही सपत्ति है। हम तुम्हारे लिए आद्य जीव को प्रदान करते है; तुम उसके उपभोग करनेवाले हो। तुम ही हमारे पिता हो और व्योम मे विचरण करनेवाले मातरिश्वा भी तुम्ही हो। तुम्हारा यह जो स्वरूप शरीरो मे, वाणी में, कानो मे तथा नेत्रों मे प्रतिष्ठित है और जो मन में प्रतिष्ठित है, उसे कल्याण से सयुक्त करो। हमारी इन देहो से निकलकर बाहर निकलने का प्रयत्न मत करो। इस विश्व मे और ऊपर स्वर्ग लोक मे जो कुछ भी विद्यमान है, वह सब प्राण के ही नियंत्रण में है। अत हे प्राण तू माता और पिता के समान हमारी रक्षा कर और हमें धन-सपत्ति तथा सद्बुद्धि से युक्त कर।'

तृतीय प्रश्न

इस प्रश्न के बाद ऋषि आश्वलायन ने महर्षि पिप्पलाद से पूछा, 'भगवन इस प्राण की उत्पत्ति किससे हुई है और यह स्वय को किस विधि से देहों में प्रतिष्ठित रखता है ? तथा अपने को विभाजित करते हुए भी यह कैसे इनमें स्थित रहता है ? किस प्रकार यह बाह्य जगत को और किस प्रकार अध्यात्म जगत अर्थात् मन एव श्रोत्र, वाक, चक्षु आदि इद्रियों को धारण करता है ? किस प्रकार यह देहों से निष्क्रमण करता है ?(1)

अश्वलायन के इस प्रश्न से महर्षि पिप्पलाद अत्यत प्रसन्न हुए और बोले, 'तुमने अत्यत जटिल विषय से संबधित प्रश्न पूछा है। तुम वस्तुत· वेदों के ज्ञाता तथा ब्रह्मनिष्ठ ऋषि हो, अत में तुम्हारे प्रश्न का उत्तर देता हूं। तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर इस प्रकार है—जैसे पुरुष की छाया सदा उसका अनुगमन करती है, वैसे ही यह प्राण भी है, जो आत्मा अर्थात् परमात्मा से उत्पन्न होता है और उसी के प्रति यह आश्रित भी है और मन के सकल्प के अनुसार ही यह प्राणियों के इस शरीर मे प्रविष्ट होता है। जैसे सम्राट शासन-तंत्र के सम्यक् सचालन के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिकारियो की नियुक्ति करता है, उसी प्रकार यह प्राण भी पांच प्रकार के वायु को (प्राण, अपान, व्यान, उदान एव समान) शरीर के विभिन्न भागों में स्थित रहता है। यह स्वयं मुंह तथा नाक से चक्षु एव श्रोत्रेंद्रिय मे विद्यमान रहता है। देह के मध्य भाग में यह समान वायु के रूप में स्थित रहता है। प्राण का समान

नामक यही अश अन्न को विभिन्न भागो तक पहुचाता है । उसी से यह सप्तार्चिष (ज्वाला) के रूप में प्रकट होता है । वायु तथा उपस्थ में प्राण अपान वायु की नियुक्ति करते है । (2-5)

यह आत्मा हृदय मे विद्यमान रहता है । हृदय में से ही एक सौ नाडियो का समूह निकलता है । इन सौ नाडियों में प्रत्येक की सौ-सौ शाखाए निकली है तथा इन दस हजार नाडियो मे से पुन बहत्तर हजार नाडिया प्रत्येक शाखा से निकलती है । इनमे व्यान वायु सचरण करता है । (6)

इन समस्त नाड़ियो के अतिरिक्त सुषुम्ना नाम की एक नाड़ी और होती है । इसकी गति उदान वायु की ओर होती है । इसी से मनुष्य पुण्य के प्रति अभिमुख होता है,इस पर यही उसे पुण्य लोक की प्राप्ति कराती है । मनुष्य यदि पाप करनेवाला होता है,तो यही उसे अधो योनिया प्राप्त कराती है । इस प्रकार यह पाप तथा पुण्य,दोनो कर्मो से मनुष्य को इस लोक में स्थित रखती है । (7)

आदित्य ही बाह्य प्राण है,जो हमारे चक्षु विषयक प्राणो पर कृपा करता हुआ उदय होता है । भूमि रूपी ईश्वर मनुष्य के अपान वायु को सुस्थित करता है । आकाश समान वायु का प्रतिरूप है । आकाश में स्थित वायु व्यान वायु का ही बाह्य रूप है । तेज ही उदान है । जिसका देह अथवा तेज शीतलता को प्राप्त हो जाता है उसकी समस्त इद्रियां मन सहित विलीन हो जाती है । तब उसे अन्य देह की प्राप्ति होती है । जैसा मानसिक संकल्प आत्मा का होगा,उसी सकल्प के अनुरूप वह प्राणो से युक्त होगा । तेज से युक्त होकर प्राण इस सकल्प के अनुसार ही आत्मा को विभिन्न योनियो की प्राप्ति कराता है जो विद्वान यहां वर्णित इस रहस्य को जान लेता है,उसकी वश-परपरा कभी नष्ट नही होती तथा वह अमृत्व को प्राप्त करता है । कहा गया है कि जो मनुष्य प्राणो की उत्पत्ति,स्थिति तथा स्थानो को जान लेता है और इसके पाचो भेदो के अध्यात्म को जान लेता है,उसे नि सदेह अमृत्व की प्राप्ति होती है । (8-12)

चतुर्थ प्रश्न

इसके अनंतर गर्ग गोत्रीय सौर्यायणी ने प्रश्न किया—मनुष्य देह में स्थित कौन-कौन देवता सोते है ? तथा कौन जागते रहते है ? कौन देवता स्वप्न देखते है ? तथा किसे सुख का अनुभव होता है ? और सभी देवगण किसमें प्रतिष्ठित होते है ?(1)

महर्षि पिप्पलाद ने उत्तर दिया,'गार्ग्य सौर्यायणी सुनो—जिस प्रकार अस्त होते हुए सूर्य की समस्त किरणें उसी तेजोमडल रूप सूर्य में एकीभूत होकर लीन हो जाती है तथा उसके उदय होने पर पुन प्रसारित हो जाती हैं,उसी प्रकार समस्त इंद्रियां मनरूपी परमेश्वर मे लीन हो जाती है । तब यह देहधारी पुरुष न तो देखता है,न सूंघता है,न स्वाद लेता है,न बोलता है और न ही स्पर्श करता है । इसी प्रकार आनंद का अनुभव,विचरण,मूत्र-पुरीषोत्सर्ग आदि क्रियाएं भी नही करता । इस प्रकार इद्रियों के विषयों का रुक जाना ही इनका सो जाना है । इस शरीर रूपी पुर (नगर) मे पाच अग्नियों का निवास स्थान है,ये पाचों प्राण रूप मे जागृत रहते हैं । इनमे अपान गार्हपत्य अग्नि है, व्यान अन्वाहार्य पवन नामक अग्नि है । गार्हपत्य अग्नि द्वारा ले जायी जानेवाली अग्नि ही प्राण है, यह अग्नि आह्वनीय है । शरीरधारी जो नि श्वास और उच्छवास लेते है,ये दो आहुतियो के सदृश समान नामक प्राणों का भेद विशेष है । उन्हे भली-भांति समान रूप में संतुलित रखने के कारण ही

इसे समान कहा जाता है, अत यही ऋत्विक है। मन यजमान स्वरूप है और अभीष्ट फल ही उदान है, जो इस मनरूपी यजमान को दिन-प्रतिदिन हृदय गुहा में स्थित ब्रह्म की ओर ले जाता है। यह आत्मारूपी देव स्वप्न में भी अपनी महिमा का अनुभव कराता है। देखे हुए को बार-बार पुन देखता है, सुने हुए और उसके अर्थ को वार-बार सुनता है। विभिन्न स्थानों और दिशाओ मे सुनी हुई और अनुभवजन्य बातों को फिर-फिर अनुभव करता है। देखे-अनदेखे, सुने-अनसुने, अनुभूत-अननुभूत तथा सत एव असत सभी विषयों को बार-बार सुनता है, अनुभव करता है तथा उन पर विचार करता है, अर्थात् उन्हे पहले न करने पर देख लेता है। (2-5)

तेज से अभिभूत तनवाला यह जीवात्मा स्वप्नो को नही देखता किंतु उस काल मे यह इस सुख का सपूर्ण अनुभव करता है।

हे सौम्य! जैसे अनेको पक्षी एक ही वृक्ष का आश्रय लेते हुए उसमें निवास करते है, वैसे ही यह सभी तत्त्व परमेश्वर रूपी वृक्ष का आश्रय लिए हुए है। पृथ्वी तत्त्व तथा उसकी मात्रा, जल और उसकी तन्मात्रा तेज और तेजोमात्रा, वायु और वायुमात्रा तथा आकाश और आकाशमात्रा, नेत्र और दर्शनीय वस्तुए, कान और सुनने योग्य विषय, नासिका और सूंघने योग्य सुगध, रसना (जीभ) और रस, त्वचा और स्पर्श योग पदार्थ, वाणी और बोलने योग्य शब्द, हाथ और लेने योग्य पदार्थ, उपस्थ और रति आदि विषय, पायु और पुरीष, पाव और जाने योग्य स्थान, मन और विचार करते योग्य विषय, बुद्धि और जानने योग्य, अहकार और उसका कार्य, चित्त और चितनीय बाते, तेज और उसका विषय, प्राण और धारण करने के योग्य पदार्थ, यह सब परमात्मा के अधीन है। (6-8)

यह देखनेवाला, सूघनेवाला, स्वाद आदि लेनेवाला, मननशील, ज्ञाता और कर्ता विशुद्ध ज्ञानवाला आत्मा पुरुष भी उस परम अविनाशी आत्मा में ही प्रतिष्ठित है। जो इस परम अक्षर (अविनाशी) छाया शून्य, विदेह, अलोहित शुभ्र अनश्वर परमात्मा को जानता है, वह भी सर्वज्ञ वनकर उसी के समान सर्वरूप वन जाता है। अत कहा गया है कि जो विशुद्ध ज्ञान स्वरूप देहवाले सभी प्राणियो मे स्थित उस परमात्मा को जान लेता है, वह सर्वज्ञ वन जाता है तथा उसी सर्वस्वरूप मे प्रविष्ट हो जाता है। उसी मे सभी इद्रिया, पाचो प्राण आदि भी प्रतिष्ठित है। (9-11)

पंचम प्रश्न

इस समाधान के वाद राजा शिवि के पुत्र सत्यकाम ने अपना प्रश्न किया—'भगवन! प्राणात होने तक जो समुचित प्रकार से 'ओम' का अभ्यास करता है, वह इसके द्वारा किस लोक को प्राप्त होता है?' (1)

तव महर्षि पिप्पलाद वोले—'यह 'ओम' परब्रह्म भी है तथा अपरब्रह्म भी। इसे जाननेवाला मनुष्य इतने मात्र से ही ब्रह्म के एक रूप को प्राप्त कर लेता है यानि वह एक ही मात्रावाले इस 'ओंकार' का ध्यान करे, तो वह इसकी महिमा मे तुरंत ही जगत में प्रकट हो जाता है। ऋग्वेद की ऋचाए उस मनुष्य की देह को प्राप्त करती है, वह तपस्या से, ब्रह्मचर्य से तथा श्रद्धा मे सपन्न होकर महिमाशाली वन जाता है। दो मात्राओंवाले ओंकार का ध्यान करने से चद्रलोक प्राप्त होता है। यजुर्वेद के मंत्रों की सहायता मे वह इस लोक को प्राप्त करता है। वहा पर वह सुखों-ऐश्वर्यों का

उपभोग करता है तथा पुन इस लोक में जन्म लेकर नही लौटता। तीन मात्राओंवाले इस ओकार रूप परमात्मा का ध्यान पुरुष को तेजस्वी सूर्य से सपन्न कराता है, वह सूर्यलोक प्राप्त कराता है। साप की केचुल के समान वह पुरुष पापों से मुक्त हो जाता है। तब सामवेद उसे ब्रह्मलोक की प्राप्ति कराता है। समस्त प्राणियो मे प्रशसनीय एवं श्रेष्ठ बनकर वह परम पुरुष का साक्षात्कार करता है। कहा गया है कि ओकार की तीनो मात्राए आपस मे संबद्ध रूप मे रहती है,उन्हे एक-दूसरे से पृथक् नही किया जा सकता,इस तथ्य का ज्ञाता पुरुष सुदृढ सकल्पवान और परमेश्वर को जाननेवाला बन जाता है। इसकी एक मात्रावाली उपासना उपासक को ऋचाओं द्वारा मृत्यु लोक को प्राप्त करानेवाली होती है,दो मात्राओवाली उपासना करनेवाले साधक को यजुर्वेद के मत्रो द्वारा अतरिक्ष लोक प्राप्त कराती है तथा ओकार का उपासक श्रुतियों द्वारा ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। इस लोक मे केवल पुरुष ही है,जिसे जाना जाता है। विद्वान साधक ओंकार के ध्यान से अजर (कभी वृद्ध न होनेवाला), अमर (कभी न मरनेवाला) और अभय,ऐसे परम शांत एव श्रेष्ठ परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। (2-7)

षष्ठम् प्रश्न

अत मे भारद्वाज सुकेशा ने महर्षि पिप्पलाद से प्रश्न किया,'भगवन ! जो प्रश्न मै पूछ रहा हू, मुझसे कोशल के राजकुमार हिरण्यनाभ ने यही प्रश्न पूछा था कि क्या तुम (सुकेशा) सोलह कलाओवाले पुरुष को जानते हो ? मै इस प्रश्न का उत्तर नही जानता। अत उसे न बता सका। झूठ बोलना मुझे उचित नही लगा, क्योंकि झूठ बोलनेवाला जड सहित सूख जाता है। इसलिए राजकुमार बिना अपने प्रश्न का उत्तर पाए ही चला गया; और जब यही प्रश्न मै आपसे पूछ रहा हू। कृपया बताए कि वह सोलह कलाओवाला पुरुष कहां रहता है। (1)

महर्षि पिप्पलाद बोले,'सौम्य ! जिस पुरुष में सोलह कलाएं उत्पन्न होती है, वह इसी देह मे रहनेवाला है। उसने एक बार अपने मन में विचार किया कि किसके निकल जाने पर मै भी इस देह से निकल जाऊगा तथा किसके कारण मैं स्वय भी प्रतिष्ठित रहूंगा। उसने सर्वप्रथम प्राणो को बनाया और फिर श्रद्धा को। इसके बाद उसने आकाश,वायु,तेज,जल और पृथ्वी इन पाच महाभूतो को,फिर मन इद्रिया और अन्न का निर्माण किया। अन्न से वीर्य की उत्पत्ति हुई। इसके बाद तप, मत्र,कर्म,लोक और नाम को बनाया। जैसे समस्त नदिया समुद्र की ओर बहती हुई उसमे जाकर मिल जाती है,और तब उनका स्वतत्र अस्तित्व (नाम और रूप) भी मिट जाता है,बिलकुल उसी तरह परमात्मा की सोलह कलाए उसी को प्राप्त होकर उसी मे लीन हो जाती है। इस पर उनके नाम,रूप आदि सभी समाप्त हो जाते है। इतने पर भी वह परमेश्वर कलारहित तथा अनश्वर ही है। (2-5)

जैसे रथ के पहिए के अरो का आधार पहिए की नाभि होती है,वैसे ही इन कलाओ का आधार परम पुरुष को ही समझना चाहिए। इसे जान लेने पर तुम मृत्यु से व्यथित नही होओगे।' (6)

अत में महर्षि पिप्पलाद ने उन सभी ऋषियो को सबोधित करते हुए कहा,'उस परम ब्रह्म को मैं इसी रूप में जानता हूं कि वही सब कुछ है। उसके अतिरिक्त अधिक कुछ भी नही है।' तब उन ऋषियों ने महर्षि की अर्चना की और बोले,'आपने हमे अविद्या से पार कर दिया है। अत आप ही वास्तविक अर्थो में हमारे पिता है। हे महर्षि आपको हम बार-बार नमस्कार करते है। (7-8)

□

5. मुंडक उपनिषद

शांति पाठ :

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिभिर्यजत्रा.
स्थिरेरंगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वास्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शांति. शांति. शाति ।

हे देवताओ ! हम कानों से कल्याणकारी वचन सुनें, आंखों से कल्याणकारक दृश्य देखें, समस्त अगों सहित शरीर से देवताओं के समान आयु को प्राप्त करें । यशस्वी इंद्र हमारा कल्याण करे, सूर्य हमारा कल्याण करें तथा अरिष्टनाशक वृहस्पति हमारा कल्याण किरें ।

प्रथम मुंडक

प्रथम खंड

समस्त देवताओं मे सर्वप्रथम ब्रह्मा पैदा हुए । वह समस्त विश्व के रचयिता तथा उसके रक्षक है । सभी विद्याओं की आधार ब्रह्म विद्या का उपदेश उन्होंने सर्वप्रथम अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा को दिया ।

अथर्वा ने यह उपदेश अंगी को दिया । फिर यह विद्या अंगी से भारद्वाज गोत्रीय सत्यवहा को, सत्यवहा से अगिरा को प्राप्त हुई ।

एक बार एक संपन्न गृहस्थ शौनक अंगिरा के पास आया । उसने अंगिरा से पूछा, 'भगवन, जिसको जान लेने से समस्त ज्ञान प्राप्त हो जाता है, वह क्या है ?'

अगिरा ने कहा कि दो विद्याएं जानने योग्य हैं, एक परा तथा दूसरी अपरा । इनमें चारों वेदों तथा शिक्षा कल्प आदि में कही गई विद्या अपरा है और अक्षर का ज्ञान परा विद्या है ।

वह जो अदृश्य, अग्राह्य है, गोत्र, वर्ण, चक्षु, कान, हाथ, पैर आदि मे हीन है और नित्य, वविभु, सर्वगत, अति सूक्ष्म तथा अव्यय है, जो सवका कारण है, उसे विवेकशील लोग चारों ओर देखते है ।

जिस प्रकार मकडी जाले को वुनती है और स्वयं निगल जाती है, जैसे पृथ्वी में औपधिया तथा पुरुप के शरीर में केश लोमादि उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार इस अक्षर से यह मपूर्ण ब्रह्म उत्पन्न होता है ।

तप एव ज्ञान से ब्रह्म अन्न उत्पन्न करता है । अन्न से क्रमश प्राण, मन, मत्य, लोक, कर्म एव अमृत फल उत्पन्न होते हैं । जो सर्वज्ञ है, सर्व ज्ञानमय है, उमी से यह ब्रह्म, वस्तुओं के नाम, रूप और अन्न उत्पन्न हुए है ।

द्वितीय खंड

जिन मत्रों से कवि-ऋषियो ने कर्म को देखा,वही सत्य है । त्रेता युग मे इन कर्मो का विस्तार हुआ। सत्य की इच्छा करते हुए इन कर्मो का सदैव पालन करो । यही सच्चा मार्ग है । इसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हो जाने पर उसे निरतर आगे बढ़ाता रहे ।

जिसका अग्निहोत्र दैनिक, मासिक अथवा चतुर्मासिक और आग्रायण इन कर्मो से रहित अथवा विद्वानों के सत्कार और अतिथि की पूजा के बिना किया जाता है,उसकी सात पीढिया नष्ट हो जाती है ।

अग्नि की काली, कराली, मनोजुवा सुलोहिता सुधूम्रवर्णा, स्फुलिगिनी और विश्वरुचि, यह सात जिह्वाएं अथवा लपटे है । यज्ञ मे इन्हें आहुति दें । जो व्यक्ति इन चमकती जिह्वाओ को उचित समय तक आहुतिया देता है,उसे सूर्य की किरणे देवों के स्वामी परमात्मा के पास ले जाती है । और उसे ले जाती हुई यह आहुतिया मधुर वाणी मे उससे मानो कहती है कि यह तुम्हारे ही सुंदर कर्मो का फल है ।

अठारह प्रकार के निम्न स्तरीय यज्ञ रूपी कर्मो को करनेवाले लोगो को जरा,जन्म और मरण से कोई नही बचा सकता । मूर्ख लोग इन्हें करते हुए प्रसन्न होते है ।

अज्ञान के अंधकार मे रहनेवाले स्वय को धीर और पडित माननेवाले मूर्ख लोग एक अधे के द्वारा ले जाए जाते हुए दूसरे अधे के समान नष्ट हो जाते है । अविद्या मे रहकर भी अपने को कृतार्थ समझनेवाले मूर्ख सासारिकता मे इतने मग्न हो जाते है कि उन्हे यही ज्ञान नही रहता कि वे क्या कर रहे है । अत मे उनका पतन ही होता है ।

अपनी इच्छाओ की पूर्ति को ही परम लक्ष्य माननेवाले, दूसरी किसी भी बात को ठीक न माननेवाले मूर्ख लोग्र श्रेष्ठ वस्तु की केवल पीठ को ही छू सकते है,जबकि वे समझते है कि उन्होने बहुत बडा काम कर लिया है । अत मे उन्हे हीन लोक प्राप्त होता है ।

तपस्वी,श्रद्धासहित काम करने वाले शांत चित्त लोग,जो जीवनयापन को भिक्षा मे मिली वस्तु समझते है,वे सूर्य द्वारा श्रेष्ठ आत्माओं के पास पहुंचते है ।

इस कर्ममय लोकों को समझकर विद्वान व्यक्ति इसके प्रति उदासीन हो जाता है । ससार के सभी पदार्थ अनित्य है,इनसे हमारा कोई प्रयोजन सिद्ध नही होता । यह विचार करके व्यक्ति को किसी वेदज्ञ औरे ब्रह्मज्ञ गुरु के पास कुछ भेंट लेकर जाना चाहिए ।

वह गुरु उस शाति चित्त तथा जितेंद्रिय शिष्य को ऐसी ब्रह्म विद्या का उपदेश दे,जिससे उसे उस अक्षर पुरुष,जो एकमात्र सत्य है,का ज्ञान हो सके ।

द्वितीय मुंडक

प्रथम खंड

सत्य है कि जिस प्रकार सुदर प्रदीप्त अग्नि से उसी के रूपवाली चिनगारियां निकलती है,उसी प्रकार उस अक्षर ब्रह्म से नाना प्रकार की वस्तुए उत्पन्न होती है । वह निश्चय ही दिव्य, अमूर्त पुरुष वाह्य और अतर में विद्यमान है । वह अजन्मा, अप्राण, मनरहित विशुद्ध तथा श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ है ।

इसी अक्षर ब्रह्म से प्राण, मन, इंद्रिया आकाश, वायु, तेज, जल तथा पृथ्वी उत्पन्न होती है।

अग्नि, जिसका मस्तक है, सूर्य-चंद्र नेत्र है, दिशाएं कान है, जिसकी वेद प्रसिद्ध वाणी है, वायु प्राण है, समस्त विश्व हृदय है, जिसके चरणो में पृथ्वी है वह देव सभी प्राणियों का आत्मा है। उस अक्षर ब्रह्म से अग्नि पैदा होती है। जो सूर्य में अग्नि की तरह समिधा बनकर जलती है, उसी से पृथ्वी में पर्जन्य और औषधिया उत्पन्न होती हैं। उसी से स्त्रियों मे सीचा जानेवाला तथा प्रजा की उत्पत्ति का कारण वीर्य पुरुषो मे पैदा होता है।

उसी से ऋक, यजुष, सामवेद, समग्र यज्ञ, क्रतु दक्षिणा, संवत्सर, यजमान तथा जहा तक सोम पवित्र करता है और सूर्य पहुचता है, सब लोक जन्म लेते है। उसी से बहुत सारे देवता, साध्य, मनुष्य, पशु एव पक्षी उत्पन्न हुए। उसी से श्रद्धा, सत्य ब्रह्मचर्य तथा अन्य जीवन विधियां उत्पन्न हुई।

परमात्मा से ही सातो प्राण, सातों अग्नियां, उनके सातो विषय, उन्हे पूर्ण करनेवाले कर्म और इन सात विषयों के स्थान उत्पन्न हुए। यह सातों शक्तिया इच्छाए उनके साधन और इच्छाए मानव शरीर मे है।

इसी से समस्त समुद्र, पर्वत, नदिया, वनस्पतियां आदि उत्पन्न होती है। यह जो समस्त भूतो (प्राणियो) की गुहा में उपस्थित रहता है। इसे जो जान लेता है, उसका अज्ञान का अधकार नष्ट हो जाता है।

द्वितीय खंड

शरीर की गुहा में विचरण करनेवाला महान पद को प्राप्त वह ब्रह्म इसके प्रति समर्पित और सयुक्त है। इस शरीर की प्राण आदि तथा पलक झपकना आदि क्रियाए उसी के प्रति समर्पित है। उस ब्रह्म को सत-असत से भिन्न, विज्ञान से परे तथा प्रजाओं से ऊपर समझना चाहिए।

जो दीप्तिमान एवं सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है, जिसमें समस्त लोक और उनके प्राणी निहित हैं, वह वडे से भी वडा अक्षर ब्रह्म है, वह वेद है, प्राण हैं, मन है और सत्य है। वह अमृत और जानने योग्य है।

विद्वानों द्वारा उपनिषद् रूपी धनुष पर उपासना का वाण चढाकर उसके भाव के प्रति दत्तचित्त होकर ध्यान करना चाहिए। उस अक्षर ब्रह्म के लक्ष्य का सधान करना चाहिए। इसके लिए ओंकार धनुष है, आत्मा तीर है, ब्रह्म लक्ष्य है दत्तचित्त होकर लक्ष्य वेध करना चाहिए।

जिसमें द्यौ, पृथ्वी, अतरिक्ष मन और समस्त प्राणों सहित ओतप्रोत है। अन्य सब बातो को छोडकर उसी एक आत्मा को जानो। वही अमरता का साधन है।

रथ के पहिए में लगे अरों के समान, शरीर की सभी नाडिया हृदय से जुडी होती है। हृदय में अनेक प्रकार से प्रकट होनेवाला परमात्मा शरीर मे विचरण करता है। उसका ओम नाम से चिंतन करो वही अज्ञान को दूर करके कल्याण करेगा।

जो सदा, सर्वत्र और सर्वज्ञ है, जिसकी महिमा पृथ्वी एव ब्रह्मपुर दोनो मे है, वह सपूर्ण व्योम में विद्यमान है। वह इस मनोमय प्राण एवं शरीर को ले जानेवाला अन्न मे उपस्थित तथा हृदय को

स्पदित करनेवाला है। विद्वान उसे ज्ञानचक्षुओ से देखते है वह आनंदमय और अमरत्व प्रदान करनेवाला है। उस ब्रह्म का ज्ञान हो जाने पर हृदय ग्रथि खुल जाती है, सशय दूर हो जाता है तथा कर्मफल नष्ट हो जाते है।

स्वर्णमय कोश (ज्ञान कोश) से परे कलाहीन ब्रह्म विराजमान है, वह निर्मल एव ज्योति रूप है। केवल आत्मज्ञानी ही उसे जान सकते है।

वहा न तो सूर्य का प्रकाश पहुच सकता है, न चंद्रमा का, न तारो का, तब अग्नि की तो गणना ही करना व्यर्थ है। उसी के प्रकाश से अन्य सब वस्तुए प्रकाशित होती है। वह अमृतमय ब्रह्म ही सामने-पीछे, दाए-बाएं, नीचे-ऊपर फैला हुआ है। वही सब कुछ और श्रेष्ठ है।

तृतीय मुंडक

प्रथम खंड

दो सुदर पखोवाले पक्षी साथ-साथ मैत्री से एक ही वृक्ष के आश्रय मे रहते है, उनमे से एक सुदर स्वादिष्ट फलो को खाता है और दूसरा देखता रहता है।

परमात्मा के साथ समान प्रकृति के आश्रय से रहनेवाला जीवात्मा अपनी हीन कामनाओ से मोहित हो जाता है, किंतु जब वह परमात्मा से सयुक्त होता है, तो उसका मोह दूर हो जाता है।

जब वह ईश्वर को देखता है तथा उसे पा लेता है, तब वह पाप-पुण्य से छूट जाता है, उसके से सब समान रूप हो जाते है।

जो समस्त प्राणियो मे विद्यमान है और उनमे कार्य करने की सामर्थ्य पैदा करता है, वह प्राण है। इस तथ्य को जान लेने पर विद्वान आत्मप्रशसा नहीं करता। वह आत्मा के विषय मे ही चितन करता हुआ ब्रह्मवेत्ताओ मे श्रेष्ठ कहलाता है।

वह सत्य, तप, ब्रह्मचर्य तथा सम्यक् ज्ञान से इसी देह के अदर निर्मल, ज्योतिर्मय आत्मा को देखता है, जिससे उसके दोष नष्ट हो जाते हैं। इसकी सत्य की जय होती है, अनृत (मिथ्या) की नही, सत्य से ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग होता है। इसी से कर्म तत्त्व को जाननेवाले ऋषि उस परम निधान को प्राप्त करते हैं।

वह आत्मा तत्त्व वृहद, दिव्य और अचिंतनीय रूपवाला भी है और सूक्ष्मतम भी है। वह अत्यंत दूर भी है तथा इस देह के भीतर भी है। ज्ञानवान गुहा मे स्थित इसे देख सकते है।

इसे न आंखें देख सकती हैं और न वाणी इसके विषय में कुछ कह सकती है। अन्य इद्रियो से या कर्म से भी यह अप्राप्य है। इस विशुद्ध सत्त्व को जो इद्रियां रहित है, केवल ध्यान अर्थात् अनुमान से अनुभव किया जा सकता है।

प्राण, अपान आदि पाच प्रकार के प्राणों से युक्त शरीर में यह आत्मा सचेतन हो जाता है। प्राणों से पहले चित्त और फिर चित्त से आत्मा प्रकाशित होता है।

यह विशुद्ध आत्मा जिस-जिस लोक की इच्छा करता है, वह लोक उसे प्राप्त हो जाता है। इसीलिए ज्ञानी लोग यत्नपूर्वक कामना करते है।

द्वितीय खंड

वह आत्मज्ञानी उस सपूर्ण जगत को जान लेता है, जो ब्रह्मा की सृष्टि का आधार है, जो उस सर्वज्ञ पुरुष की निष्काम भाव से उपासना करता है वह जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

कामनाओ इच्छा करनेवाला अनेक बार जन्म लेकर उन कामनाओ को प्राप्त करता है, किंतु जो निष्काम भक्ति करता है, उसकी कामनाएं लीन हो जाती है, उसे मोक्ष प्राप्त होता है।

ईश्वर की प्राप्ति प्रवचनो से, तप से या अधिक सुनने से नही होती। यह जिसकी इच्छा करता है, वही इसे प्राप्त कर लेता है। उसके अनुरूप ही यह अपनी आत्मा को बना लेता है।

दुर्बल इसे प्राप्त नही कर सकता और न ही प्रमादी या तप और संन्यास के गुणो से हीन कोई व्यक्ति इसे प्राप्त कर सकता है। अत पूर्वकथित उपायो से यत्न करने पर विद्वान ब्रह्मधाम को प्राप्त करता है।

वह आत्मा जो ज्ञान प्राप्त कर चुका हो, जिसकी आसक्ति, राग आदि नष्ट हो गए हो और जो धीर और परम शाति प्राप्त कर चुका हो, वह सबमे प्रवेश कर सकता है।

जिन्होने वेदांत के ज्ञान को सही-सही अर्थो मे जान लिया हो, सन्यास का पालन करते हुए शुद्ध आत्मावाले ऐसे यती लोग अतकाल मे जन्म-मरण से मुक्त होकर उच्च स्थान को प्राप्त करते है।

उसकी दस इंद्रिया तथा पाच प्राणरूपी पंद्रह कलाए अपने-अपने अधिदैव,के पास लौट जाती है। उसके कर्म विज्ञान मय हो जाते है तथा आत्मा परम अनश्वर परमात्मा से एकाकार हो जाता है।

यथा सभी नदिया अपने-अपने नाम एव आकार का परित्याग करके समुद्र मे विलीन हो जाती है, इसी प्रकार विद्वान नाम एव रूप से मुक्त होकर उस दिव्य परम पुरुष को प्राप्त कर लेता है।

जो परम ब्रह्म को जान लेता है, वह ब्रह्म से एकाकार हो जाता है। उसके कुल मे कोई भी ऐसा पैदा नही होता जो ब्रह्म को न जानता हो। वह शोक एव पाप से परे हो जाता है। गुहा ग्रथि से मुक्त होकर अमरता प्राप्त करता है।

जो क्रियावान हो, क्षोत्रिय हो, ब्रह्म निष्ठ हो, एक ऋषि यज्ञ को स्वय करनेवाला हो, श्रद्धावान हो अथवा जो शिरोव्रत करनेवाला हो, उसी को इस ब्रह्म विद्या का उपदेश देना चाहिए। इस सत्य का उपदेश प्राचीन काल में अगिरा ऋषि ने दिया था। जो शिरोव्रत का पालन नही करता वह इस विद्या का अधिकारी नही है। महान विद्वान ऋषियो को नमस्कार।

□

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिर्यनत्रा
स्थिरेरंगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा.
स्वस्ति नस्ताक्ष्यों अरिष्टनेमि स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु ।
ॐ शाति शांति. शाति ।

यह जो परमात्मा का ओम नामक ऐसा अक्षर नाम है, सब उसी का व्याख्यान है । भूत, भविष्य और वर्तमान, यह सब ओकार ही है तथा इन तीनो कालो से अन्य जो कुछ भी है, वह भी सब यह ओंकार परमात्मा ही का स्वरूप है ।

निश्चय ही यह सब ब्रह्म ही है । यह आत्मा महान है यह चार चरण (अवस्थाओ) वाला है । जागृतावस्था इसका प्रथम चरण है । परमात्मा, जीवात्मा, तीनो गुण, तेज और जीवो का कर्मफल, यह सात अग उन्नीस मुखोंवाली वैश्वानर अग्नि से खायी जा रही है । इसके सात अग तथा उन्नीस मुख है ।

स्वप्नावस्था ब्रह्म की अत· प्रज्ञ अवस्था होती है । यह भी सात अग तथा उन्नीस मुखोवाली होती है । इसमे सूक्ष्म अवस्था मे वैश्वानर अग्नि का तेज काम करता है । यह ब्रह्म की दूसरी अवस्था है । जब पुरुष सोया होता है, तो वह कोई कामना नही करता और स्वप्न भी नही देखता । इसे सुषुप्ति की अवस्था कहते है । यह अवस्था एकीभूत आ नदमय अवस्था होती है । आनद का उपभोग करता हुआ सकीर्ण प्रज्ञा रखता हुआ तथा भोग करता हुआ रहने पर यह विशेष ज्ञान की तृतीय अवस्था होती है । यह प्रज्ञानधन अवस्था, जिसे अत प्रज्ञ चेतना कहते है, ईश्वर है, सर्वज्ञ है और सब प्राणियों का उत्पत्ति का कारण है ।

चतुर्थ अवस्था अत और बाह्य दोनो ओर से अचेतन अवस्था होती है । यह संकीर्ण ज्ञानवाली भी नही होती है, दिखाई पडनेवाली भी नही होती । यह व्यवहार रहित अग्राह्य, लक्षण हीन विचारातीत, अवर्णनीय, एक सार रूप शांत तथा कार्य-जगत रूपी प्रपचवाली होती है । इसमे वह कल्याणमय अकेला होता है । यह परमात्मा का चौथा चरण (अवस्था) होता है । इस अवस्था मे आत्मतत्त्व विशेष जानने योग्य होता है ।

वह परम ब्रह्म और यह आत्मा, दोनो ही ओम अक्षर के समान है, जो मात्राओ से युक्त है । पाद ही मात्रा और मात्रा ही पाद (चरण) है । यह ओम् अ, उ और म से वना है ।

जागृत अवस्था वैश्वानर है, ओम् मे प्रथम अ ही अक्षर रूप है । जो उसे जान जाता है, वह अपनी समस्त कामनाओं को प्राप्त कर लेता है ।

स्वप्न की अवस्था में परमात्मा का वह तेज, ओम के मध्य मे जो 'उ' है, दोनो के ऊपर चढ जाता है । जो इस ज्ञान को जान जाता है, वह ज्ञान की राशि बन जाता है । उसके कुल मे कोई ब्रह्म ज्ञान से हीन नही होता ।

सुषुप्तावस्था पूर्ण अज्ञानावस्था है । ओम में तीसरी मात्रा 'म' है । यह पिए हुए की अर्थात् ब्रह्म ज्ञान को इच्छानुसार पीकर उसमे लीन होने की अवस्था है । जो इसे जान जाता है (पिया हुआ) वह ब्रह्म में लीन हो जाता है ।

चतुर्थ अवस्था मात्रा रहित है, यह अवस्था व्यवहार रहित एव शात प्रपच की अवस्था है । वह कल्याणकारक अकेला ओकार आत्मा ही है । जो इस तथ्य को जान जाता है, वह जीवात्मा आत्मा (परमात्मा) मे प्रवेश कर जाता है ।

□

7. ऐतरेयोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठा मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्य एधि। वेस्य मे आणीस्थ। श्रुत मे प्रहासी। अनेनाधीतेताहोरात्रासघ-धाम्यमृत वदिव्याज्ञि। सत्य तन्मामवत् तद्वक्त्तारभवतु अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्। ॐ शाति शांति शाति ।

हे परमात्मा ! मेरी वाणी और मन परस्पर स्थित हो। तुम मेरे लिए प्रत्यक्ष होओ और वेदो का ज्ञान लाओ। मै श्रुत ज्ञान को न भूलू श्रेष्ठ शब्द बोलू और रात-दिन एक कर दू। मै सदा सत्य बोलूगा। ब्रह्म मेरा और आचार्य का रक्षक हो।

प्रथम अध्याय

प्रथम खंड

सृष्टि पूर्व केवल परमात्मा ही था। उसने लोकरचना का विचार किया तथा स्वर्ग आदि की रचना की। स्वर्ग के ऊपर उनका आश्रय स्थान द्यू लोक अम्म और अंतरिक्ष मरीचि है। यह पृथ्वी मर्त्यलोक तथा नीचे के लोक जल कहलाते है। लोक रचना के बाद उसने दिगपालो का विचार किया तथा जल से एक ज्योर्तिमय पुरुष प्रकट हुआ ॥3 ॥ उसे देखकर परमात्मा ने तप किया। तब तेजस्वी देह अडे के समान बनी। उसमे मुख, वाणी और अग्नि पैदा हुए, फिर नासिका और प्राण की उत्पत्ति हुई। प्राण से वायु, नेत्र से छिद्र तथा चक्षु उपजे। चक्षु से सूर्य जन्मा। फिर कर्ण छिद्र और श्रवण- शक्ति तथा इससे दिशाएं बनी। पुन त्वचा और रोम बने। रोमों से औषधिया, हृदय से मन, मन से चंद्र जन्मा। नाभि प्रकट हुई। इससे अपान और अपान से मृत्युदेव जन्मे फिर उपस्थ से रेतस और रेतस से जलोत्पत्ति हुई।

द्वितीय खंड

परमात्मा से उत्पन्न देवता समुद्र में आए। उन्हें भूख का अनुभव हुआ। उन्होंने परमात्मा से अन्नादि खाने के लिए शरीर मागा ॥1 ॥ परमात्मा ने गाय और अश्व के शरीर दिखाए। उन्हे यह शरीर स्वीकार्य नही थे। मानव देह दिखाने पर वे संतुष्ट हुए ॥2 ॥ परमात्मा ने उन्हें इसमे प्रवेश की आज्ञा दी ॥3 ॥ अग्नि वाणी बना, वायु प्राण, सूर्य चक्षु, दिशाए कान, औषधिया रोम, चंद्रमा मन, मृत्यु अपान तथा जल रेत बना, सब शरीर के स्थानों में स्थित हो गए ॥4 ॥ भूख-प्यास ने भी स्थान मागा। परमात्मा ने उन्हें देवताओं की हवि में भाग दिया ॥5 ॥

तृतीय खंड

लोक-लोकपालों की रचना के वाद परमात्मा ने उनके लिए अन्न वनाने की सोची ॥1 ॥ [illegible] जल को तपाया, उससे अन्न की मूर्ति निकली ॥2 ॥ अन्न पराङ्मग्व [illegible] लगा। वाणी इस

कर सकी । यदि ऐसा होता, तो अन्न के वर्णन मात्र से ही तृप्ति हो जाती ॥3 ॥ घ्राण भी इसे ग्रहण न कर पाया, ऐसा होने पर सूघने से ही तृप्ति हो जाती ॥4 ॥ आख, कान, त्वचा, मन और उपस्थ भी इसे ग्रहण न कर सके यदि ऐसा होता, तो देखने-सुनने आदि से ही तृप्ति हो जाती ॥5-9 ॥ अपान इसे ग्रहण करने में समर्थ हो गया । तब अपान वायु ही अन्न ग्रहण करने लगा । यही अन्न द्वारा देह की रक्षा करता है ॥10 ॥

अब परमात्मा ने सोचा अपनी विभिन्न इंद्रियो से मनुष्य भले ही कार्य कर ले, किंतु मै इसके देह में कहां से प्रवेश करू ॥11 ॥ तब उसने मनुष्य को मूर्धा अर्थात् विद्वति को चीरकर उसमे प्रवेश किया । यही आनंदप्राप्ति का द्वार है । परमेश्वर के हृदय, ब्रह्मधाम तथा ब्रह्माड तीन आश्रय है, तीन स्वप्न है ॥12 ॥ मानवरूप से प्रकट पुरुष ने पांच भूतों को देखकर कहा, यहां दूसरा कौन है ?' तब उसने परमब्रह्म को ही वहा देखा और उसके दर्शन से प्रसन्न हुआ ॥13 ॥ वह परमात्मा इद्र नाम से प्रसिद्ध है । वह इंद्र परोक्षभाव से इद्र कहलाता है । देवता परोक्षप्रिय कहे जाते है ॥14 ॥

द्वितीय अध्याय

प्रथम गर्भ बनता है । सभी अगो से व्यक्त होनेवाला तेज वीर्य है, जो पुरुष शरीर में रहता है तथा सिंचन द्वारा स्त्री गर्भ में स्थित होता है । वह इसका पहला जन्म है ॥1 ॥ स्थापित गर्भ स्त्री अग सदृश बनने से स्त्री को कष्ट नही होता । वह उसका पोषण करती है ॥2 ॥ उत्पन्न होने तक स्त्री फिर पुरुप बालक का आत्मवत् पालन करती है । सारा लोक ऐसा करता है । यह उसका द्वितीय जन्म है ॥3 ॥ पुण्य कर्मो से पिता का प्रतिनिधि रूप पुत्र होता है । कर्तव्य पूर्ण होने पर पिता मृत्यु को प्राप्त होता है । फिर जन्म लेकर लौटता है । यही तृतीय जन्म है ॥4 ॥ वात ऋषि का कथन है कि वह गर्भ में देवताओं के अनेक जन्मों को जान चुके है । ज्ञानप्राप्ति से पहले वह दृढ पिजरे में बधे थे । वह बाज के समान उन्हें काटकर मुक्त हुए है । वामदेव ने उदरस्थ ही यह कहा ॥5 ॥ अत वामदेव देहांत पर स्वर्ग में पहुचे और अमर हो गए ॥6 ॥

तृतीय अध्याय

हमारा उपास्थ कौन है ? मनुष्य जिससे देखता, सुनता आदि है वह आत्मा कौन है ॥1 ॥ हृदय ही मन है । ज्ञान, आदेश, विज्ञान, प्रज्ञा, मेघ आदि सभी परमात्मा की सत्ता का बोध कराती है ॥2 ॥ ब्रह्म, इंद्र आदि देवता, पच महाभूत और अंडज, स्वदेज तथा डार्दभज प्राणी एव सभी स्थावर-जंगम सभी परमात्मा की सत्ता से कार्य करते है । सभी लोकों आदि का वही आश्रय है ॥3 ॥ ब्रह्म को जान लेने पर स्वर्ग के सब भोगों की प्राप्ति तथा अमरत्व प्राप्त होता है ॥4 ॥

□

शिक्षा वल्ली

प्रथम अनुवाक

मित्र, वरुण, अर्यमा, बृहस्पति और विष्णु हमारे लिए कल्याणकर हो। ब्रह्म और वायु तुम्हे नमस्कार हो। तुम प्रत्यक्ष ब्रह्म हो। मै तुम्हें प्रत्यक्ष ब्रह्म और ऋत कहूगा। वह मेरी तथा आचार्य की रक्षा करे। त्रिविध तप शांत हों।

द्वितीय अनुवाक

अब शिक्षा वर्णन होगा। वर्ण, स्वर, मात्रा, बल, साम और संधि—यह वेद-शिक्षा का अध्याय कहा गया है।

तृतीय अनुवाक

हम दोनों (गुरु-शिष्य) के यश की, ब्रह्म और तेज की बुद्धि हो। हम लोकों, ज्योतियो आदि का वर्णन करेंगे। यह सब महासहिता है। प्रथम लोक विषयक है। पृथ्वी पूर्व तथा स्वर्ग उत्तर दिशा रूपी है। इन दोनो की सधि वायु दोनो का संधान है। यह लोक विषयक वर्णन है।

अग्नि पूर्वरूप एवं आदित्य उत्तर रूप है। जल इनकी संधि है, विद्युत सयोजक है—यह ज्योति विषयक संहिता है।

गुरु पूर्वरूप, शिष्य उत्तररूप है और विद्या संधि है। प्रयत्न सधान है—यह विद्या संहिता है।

माता पूर्व रुप, पिता उत्तररूप, संतति संधि एवं प्रजननकर्म सधान है—यह संतति विषयक सहिता है।

अधो हनु पूर्व, अपरि हनु उत्तर, वाणी सधि एव जीभ संधान है—यह आत्मविषयक सहिता है।

यह महासंहिताए है, इन्हें जाननेवाला प्रजा, पशु आदि से स्वर्ग में प्रतिष्ठित होता है।

चतुर्थ अनुवाक

वेदों मे श्लाघ्य 'ओम' विश्वरूप है, अमृतमय है। इद्र मुझे मेधावी बनाए। हे ईश्वर मैं अनश्वर ब्रह्म से युक्त होऊं। मेरी देह तेजोमय, वाणी मधुर एवं कर्णगत शब्द शुभ हों। तू मेधामय ब्रह्म की निधि सदृश है, अत मैं सुने उपदेश को न भूलूं।

रोमावली गाएं मुझे प्रदानकर, जो अन्न-वस्त्र आदि देती है।

कपटहीन ब्रह्मचारी मेरे पास आएं। वे प्रामाणिक व्रतों को करनेवाले इंद्रिय जयी तथा संयमी हों।

मैं अधिक यज्ञ करू, धनवानो मे श्रेष्ठ बनूं। हे ईश्वर मै तेरा ध्यान करू तू मुझ मे प्रविष्ट हो। तुम सहस्र शाखावाले हो।

यथा जल निम्नगामी है, माह वर्षो मे लय हो जाते है, वैसे ही सभी ओर से ब्रह्मचारी मेरे समीप आएं। ईश्वर तू सवका आश्रय है। तू मुझमें आविष्ट हो।

पंचम अनुवाक

भू भुव स्व—यह तीन व्याहतिया है। यह चतुर्थ व्याहति महाचमस ने इसे सर्वप्रथम जाना। वही आत्मा है। सभी देवता उसके अंग है। 'भू' यह लोक है। 'भुव' अतरिक्ष है। 'स्व' स्वर्ग है। 'मह' आदित्य है। इसी से सब लोको की महिमा है।

भू भुव स्व और यह क्रमश अग्नि, वायु, सूर्य और चंद्र है चंद्रमा सब ज्योतियो का भूल है। भू भुव स्व· और मह क्रमश ऋक, साम, यजुर्वेद तथा ब्रह्म है। ब्रह्म से ही सब वेदों का महत्त्व है।

यह चारो क्रमश प्राण, अपान, व्यान तथा अन्न है। अन्न से ही प्राणशक्ति है। इन चारो चार-चार के भेद से सोलह व्याहतियो को जाननेवाला ब्रह्मवेत्ता तथा देवकृपा का भागी होता है।

षष्ठ अनुवाक

उस अंतहृदय के आकाश में यह हिरण्यमय पुरुष रहता है। तालुओं से लटकता मासपिड है। वह इद्र योनि है, जहा यह अवसान काल में 'भू' अग्नि मे रहता है। 'भुव' 'स्व' और 'मह' क्रमश वायु, आदित्य और ब्रह्म मे लीन हो जाते हैं।

इससे वह अपना राज्य प्राप्त करता है तथा वनस्पति प्राप्त करता है। वाणी, नेत्र चक्षु तथा विज्ञान का आधिपत्य भी उसे मिलता है।

ब्रह्म आकाश सदृश विस्तृत है। वह सत्यात्मक तथा प्राणों और मन को सुख देनेवाला अनश्वर है। अत उसकी उपासना करो।

सप्तम अनुवाक

पृथ्वी, अतरिक्ष, स्वर्ग, दिशाएं, अवांतर दिशाएं, अग्नि वायु, आदित्य इत्यादि सब आधिभौतिक है। प्राण, अपान, नेत्र आदि आध्यात्मिक है। इसे कहकर ऋषि बोले यह सब पाक्त है। पांक्त द्वारा पांक्त की आपूर्ति होती है।

अष्टम अनुवाक

ओम् ही ब्रह्म, विश्व तथा अनुकृति है। सामगान भी ओम है। इसी का उच्चारण करते हुए शास्त्राध्ययन होता है। इसी से प्रतिगर प्रारंभ करता है ब्रह्मा यज्ञानुमति देता है तथा इसी मे अग्निहोत्र की आज्ञा दी जाती है। 'ओम्' का उच्चारण करके अध्ययन करनेवाला ब्राह्मण ब्रह्म को प्राप्त करने की बात करता है। इसके प्रभाव से ब्रह्म प्राप्ति सभव है।

नवम अनुवाक

सत्याचरण, स्वाध्याय सत्य के साथ ही तप, दमन (इद्रियो का), मन को वश मे करना, शमन, अग्निहोत्र, अतिथि सत्कार, मानवीय व्यवहार, संतान उसका प्रजनन आदि भी उचित है। इन्हें विधिपूर्वक करें। सत्य श्रेष्ठ है। राथीतर पुत्र सत्यवाचा का यही मत है। तपोनिष्ठ ऋषि के मन मे तप ही श्रेष्ठ है। नाक ऋषि स्वाध्याय को श्रेष्ठ तथा तप मानते है।

दशम अनुवाक

मै विश्व-वृक्ष का उच्छेदक हू। मेरी कीर्ति गिरि सदृश है। जिस प्रकार सूर्य मे शस्योत्पादक शक्ति है, उसी प्रकार मै भी अमृत, द्रव्य तथा मेघरूप हू। यह त्रिशकु के अनुभूत वचन है।

एकादश अनुवाक

वेदाध्ययन की समाप्ति पर आचार्य शिष्य को उपदेश देता है। सत्य बोलो, धर्माचरण करो, स्वाध्याय से प्रमाद मत करो। प्रिय गुरुदक्षिणा-संतति क्रम को मत तोड़ो। सत्य, धर्म, श्रेष्ठकर्म, स्वाध्याय, प्रवचन तथा देवपितृ कार्यो से प्रमाद मत करो।

माता, पिता, आचार्य तथा अतिथि को देवता समझो। श्रेष्ठ कर्मो का, चरितों का अनुसरण करो, अन्यो का नहीं। श्रेष्ठ जनो को उच्च आसन दो, श्रद्धा से दान दो, अश्रद्धा से नही। सौम्यता से दो, लज्जा से नही। भय से नही, विवेक से दो।

जिन कार्यो मे संशय हो, वहा श्रेष्ठ जनों का आचरण करना चाहिए। उचित-अनुचित की शका - आदि होने पर भी ऐसा ही करो। यही आदेश है, यही उपदेश है, उपनिषद है तथा अनुशासन है। इसी का पालन करो।

द्वादश अनुवाक

मित्र, वरुण, अर्यमा, इंद्र एव विष्णु हमारे लिए कल्याणकर हो। हे ब्रह्म और वायु। तुम्हे नमस्कार। तुम प्रत्यक्ष ब्रह्म हो, तुम्हे ऐसा कहा गया है। तुम्हे ऋत एवं सत्य कहा गया है। परमात्मा ने मेरी और आचार्य की रक्षा की है।

ब्रह्मानंद वल्ली

हम दोनों गुरु-शिष्य साथ-साथ रक्षा कर्म करे, उपभोग करे, पराक्रम करे तथा हमारा अध्ययन तेजस्वी हो। हम विद्वेष न करें। त्रिविध तापो की शांति हो।

प्रथम अनुवाक

कहा गया है कि ब्रह्मवेत्ता परमात्मा को प्राप्त करता है। ब्रह्म सत्य, अनत और ज्ञानमय है। वह परम आकाश और हृदय गुहा मे स्थित है—यह जाननेवाला ब्रह्म के साथ ही भोगों का उपभोग करता है। परमात्मा से आकाश उत्पन्न हुआ फिर वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, औषधिया, अन्न, रेतस और मनुष्य क्रमश.(अपने से पूर्व लिखित तत्त्व से) उत्पन्न हुए। पुरुष रसवाला है। मनुष्य का सिर पक्षरूप है। बाहु दक्षिण और वाम पंख, आत्मा मध्य अंग तथा पांव पूंछ है।

द्वितीय अनुवाक

प्राणी अन्न से उत्पन्न होते है, जीवित रहते है तथा लय हो जाते हैं। यह भूतो में श्रेष्ठ सर्व औषधि हैं। अन्न को ब्रह्म मानकर कामना करनेवाले इसे अवश्य पाते है। प्राणी अन्न से बढते है तथा इसे खाते हैं। अन्न भी भूतो को खा जाता है, अत वह अन्न है। प्राणमय आत्मा अन्न रसमय देह से भिन्न आकार नही है। उस आत्मा का प्राण सिर, व्यान दक्षिण और अपान वाम पख है। आकाश आत्मा, पृथ्वी पूंछ हैं।

तृतीय अनुवाक

देवता तथा मनुष्य, पशु आदि प्राणो के कारण ही क्रियाशील हैं। प्राण वस्तुत आयु है। प्राण रूपी ब्रह्म के उपासक पूर्ण आयु पाते है। यही शरीरस्थ आत्मा है। भीतर निवास करनेवाला आत्मा प्राणमय पुरुष से भिन्न है। देह उसी से व्याप्त एव उसी का आकार है। यजु, ऋक तथा सामवेद सिर और दक्षिण एवं वाम पक्ष है। आदेश आत्मा है। अथर्वा तथा अगरिस द्वारा प्रकाशित अथर्व मंत्र पूछ एव प्रतिष्ठा है।

चतुर्थ अनुवाक

मन सहित वाणी जिसे प्राप्त किए बिना लौट आती है, उस ब्रह्मानद का ज्ञाता कभी भयभीत नही होता। पूर्व कथित यह शरीर ही आत्मा है। पूर्वोक्त मनोमय पुरुष के अदर स्थित आत्मा विज्ञानमय है। यह देह आत्मा में व्याप्त है। वह पुरुपाकृति के समान है। श्रद्धा उसका सिर है। ऋत दक्षिण तथा सत्य वाम पक्ष है। योग आत्मा है, मह पूछ एवं प्रतिष्ठा है।

पंचम अनुवाक

विज्ञान यज्ञ एव कर्म का विस्तार करता है। देवता ब्रह्म रूप विज्ञान के उपासक है। विज्ञान को ब्रह्म रूप जानने में प्रमाद न करनेवाला सदेह पापों को त्यागकर सब भोगो को पाता है। शरीरस्थ आत्मा ही परमात्मा है। विज्ञानमय जीवात्मा से भिन्न देहस्थ परमात्मा है। यह उससे पूर्ण व्याप्त है। परमात्मा पुरुपाकृति है। इच्छा मोद-प्रमोद, आनंद एवं ब्रह्म क्रमश उसके सिर, दाए-बाए पख, मध्य देह तथा पूछ एवं आश्रय स्थान है।

षष्ठ अनुवाक

जो ब्रह्म के अस्तित्व में शका करता है, वह असत्य होता है। ब्रह्म के अस्तित्व को जाननेवाला मज्जन समझा जाता है। पूर्वोक्त विज्ञानमय देह उसकी आत्मा है। अब प्रश्न होता है कि अज्ञानी और ज्ञानी पुरुप मृत्यु के पश्चात् परलोक जाते हैं अथवा नही—परमेश्वर ने प्रकट होना चाहा। उसने तप किया इससे तेजम्वी होकर उसने जगत रचा और उसी में प्रविष्ट हुआ। फिर वह साकार एव निराकार बना। निरुक्त, अनिरुक्त, आश्रयरूप, चैतन्य, अचेतन और सत्य स्वरूप बना। विद्वानो के अनुसार देखा, सुना तथा अनुभूत ही सत्य होता है। अदृश्य होने के कारण उसके विषय में शका होती है, अत वह मिथ्या भी हुआ।

सप्तम अनुवाक

पहले विश्व असत् रूप था, फिर सत् रूप बना। स्वयं प्रकट होने के कारण यह सुकृत कहलाता है। सुकृत ही रस है। प्राणी इसी से आनंदित होते है परमात्मा गगन सदृश व्यापक, सबके प्राणों का आधार उन्हें सचेष्ट करनेवाला तथा सबको सुखदाता है। जब प्राणी अदृश्य निराकार और निराश्रय परमात्मा का आश्रय पाता है, तो उसे आश्रय पद मिल जाता है। परमात्मा से किंचित भेद रखने पर जीव भयमुक्त नही हो सकता। यही भय अहंकारी विद्वान को भी होता है।

अष्टम अनुवाक

भय से ही वायु गतिशील है, सूर्योदय होता है तथा इंद्र, अग्नि और यम क्रियाशील है। अब आनद विषयक वर्णन है—सदाचारी शिष्ट, अध्येता, बलिष्ठ युवक को सपन्न पृथ्वी मिल जाए तो यह एक सासारिक आनंद है। मानव के सौ आ नंद गधर्व के एक आनंद समान है। वे शुद्धचेता श्रोत्रिय को स्वभाव से प्राप्य हैं। मानव गंधर्व आनद देवगधर्व के आनंद समान है, नष्ट कामना श्रोत्रिय को यह स्वभाव से प्राप्य है। स्थायी पितृलोक प्राप्त पितरों के सौ आनद आजानज देवताओ का एक आनद है। कामना मुक्त वेदज्ञ को यह स्वभाव से प्राप्त है। आजानज देवों के सौ आ नंद कर्म देवों के एक आनंद तुल्य है। कामना मुक्त तथा देवत्व प्राप्त पुरुष को यह सहज प्राप्य है। कर्म देवों के सौ आनद देवताओं के एक आनंद के समान हैं। निष्काम वेदज्ञ को यह स्वभावत· प्राप्य है। देवों के सो आनंद इंद्र के एक आनंद के समान हैं। इद्र के सौ आनद बृहस्पति का एक आनंद है, बृहस्पति के सौ आनंद प्रजापति के एक आनंद के समान, प्रजापति के सौ आनद ब्रह्मा के एक आनद के समान है। निष्काम वेदज्ञ इसे स्वभावतः प्राप्त करता है।

मानव और सूर्य में निहित 'वह' एक ही है। इसका ज्ञाता लोक को त्याग कर अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय एवं आनंदमय आत्मा को पार कर लेता है।

नवम अनुवाक

जहा से मन सहित वाणी बिना उसे प्राप्त किए लौट आती है, उस ब्रह्मानद का ज्ञाता कभी भयभीत नहीं होता। विज्ञ इसका विचार नही करते कि उसने श्रेष्ठ कर्म अथवा पाप क्यो नहीं किए या करता रहा, अथवा पाप पुण्य पर विचार करके ज्ञानी अपनी रक्षा करता।

भृगुवल्ली

प्रथम अनुवाक

पिता वरुण के पास जाकर भृगु ने ब्रह्म ज्ञान की प्रार्थना की। वरुण ने कहा कि अन्न, प्राण, चक्षु, श्रोत्र, मन, वाणी सब ब्रह्म प्राप्ति के द्वार हैं। जिसे लेकर प्राणी जन्मते है, जीवित रहते है और देहात होने पर, जिसमें प्रवेश पाते हैं, वही ब्रह्म है। यह सुनकर भृगु तप करने लगे।

द्वितीय अनुवाक

अन्न ब्रह्म है, तप के वाद यह ज्ञान हुआ। वस्तुत. प्राणी अन्न से, उत्पन्न होते है, जीवित रहते है और मृत्यु होने पर उसी में प्रविष्ट हो जाते हैं। यह जान कर भृगु पुन. वरुण के पास गए और पूर्वोक्त प्रश्न किया। वरुण ने कहा, 'तप ही ब्रह्म है' इसे जानो। भृगु ने फिर तपस्या की।

तृतीय अनुवाक

प्राणों को ब्रह्म मानो। समस्त भूत प्राणो से ही जीवित रहते है, मृत्यु होने पर इन्ही मे मिल जाते हैं। यह विचार कर भृगु पुन पिता के पास गए और ब्रह्म ज्ञान की प्रार्थना की। वरुण वोले, 'ब्रह्म को तप से जानो। तप ही ब्रह्म है।' भृगु ने पुन तपस्या की।

चतुर्थ अनुवाक

मन ब्रह्म है। मन से ही प्राणी जन्म लेते हैं, जीवित रहते है और मृत्यु पर इसी में लीन हो जाते हैं। ऐसा विचार करके पुन वरुण के पास जाकर ब्रह्म ज्ञान मांगा। वरुण ने पुन तप को ब्रह्म वताया और जानने को कहा। भृगु पुन. तप करने चले गए।

पंचम अनुवाक

विज्ञान ब्रह्म है। इसी से प्राणी जन्मते तथा जीवित रहते हैं। मृत्यु पर इसी में लय हो जाते है। ऐसा मानकर वह वरुण के पास गए फिर पूर्वोक्त याचना की। वरुण ने पुन पूर्वोक्त उत्तर दिया और भृगु तप करने चल पड़े।

षष्ठ अनुवाक

आनद ही ब्रह्म है। इसी से प्राणी जन्म लेते है, जीवित रहते है तथा मृत्युपरात इसी मे लय हो जाते हैं। इसका निश्चय होने पर भृगु ब्रह्म ज्ञानी हो गए। भृगु की अनुभूत तथा वरुण द्वारा उपदिष्ट विद्या परम व्योम के रूप में स्थित है। इसका ज्ञाता ब्रह्म स्थित हो जाता है तथा अन्न, सतान, पशु, कीर्ति आदि से संपन्न वनता है।

सप्तम अनुवाक

अन्न की निदा नही करनी चाहिए। अन्न व्रत है, प्राण है शरीर इसका भोक्ता है। शरीर एव प्राण परस्पर आश्रित हैं। अन्न-अन्न में स्थित है। ऐसा जाननेवाला अन्न, सतान, पशु, ब्रह्मचर्य तथा कीर्ति से प्रतिष्ठित होता है।

अष्टम अनुवाक

अन्न की उपेक्षा न करें। जल ही अन्न है। तेज अन्न भोगी है। जल एवं तेज एक दूसरे में निहित है। इस प्रकार अन्न, अन्न में निहित है। इस तथ्य का ज्ञाता, महान ज्ञाता। अन्न संतान आदि से प्रतिष्ठित होता है।

नवम अनुवाक

अन्न वृद्धि करें, यह व्रत है। पृथ्वी ही अन्न है। पृथ्वी-आकाश एक-दूसरे पर आश्रित हैं। अन्न, अन्न में प्रतिष्ठित है। इस तथ्य का ज्ञाता अन्न कीर्ति आदि मे मुक्त होता है।

दशम अनुवाक

गृह मे आए को निराश न करे, यह व्रत है। बहुत अन्नवान बने, अतिथि सेवा तत्पर बने। उसका उत्तम श्रेणी का आदर करनेवाला स्वय भी उत्तम श्रेणी का, मध्यम श्रेणी का आदर करनेवाला मध्यम श्रेणी, निम्न श्रेणी का आदर करनेवाला भोजन कराने वाला निम्न श्रेणी का ही सत्कार या भोजन पाता है। उसका ज्ञाता अतिथि सत्कार करने वाला होता है।

परमेश्वर वाणी मे, प्राणापान मे, होम मे, पांवो-गुदा मे क्रमशः क्षेत्र, योगक्षेत्र, कर्म, गति तथा विसर्जन शक्ति के रूप मे है। यह आध्यात्मिक उपासना वर्णन है। वृष्टि मे, विद्युत मे पशुओं मे, नक्षत्रो मे, उपस्थ मे क्रमश· तृप्ति, शक्ति, तेज, ज्योति, प्रजनन शक्ति के रूप मे है। सहानुभूति एव आकाश सबका आश्रय है—यह परमात्मा की दैवी उपासना है।

परमेश्वर को सबका आश्रय रूप माननेवाला उपासक आश्रय युक्त हो जाता है उसे महान मानकर उपासना करनेवाला महान बन जाता है। उसे नम योग्य मानकर, मन रूप मानकर, ब्रह्म मानकर तथा दुष्ट नाशक मानकर उपासना करनेवाला क्रमश महान, मनस्वी, ब्रह्ममय तथा शत्रुओ और विद्वेषियो से हीन हो जाता है—जो इस पुरुष मे है, वह सूर्य ही है, वह एक ही है, ऐसा ज्ञाता परलोक मे पहले अन्नमय आत्मा को पाकर क्रमश· प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय तथा अत मे आनदमय आत्मा को प्राप्त कर अभीष्ट रूप को प्राप्त होता है। सब लोको मे विचरण करता हुआ सामगान मे तल्लीन होता है।

आश्चर्य है कि मै अन्न हू और अन्न का उपभोग करता हूं। इनका सयोजक, सत्यरूप, देवों से भी पूर्व जन्मा, ब्रह्म में प्रतिष्ठित, अमृतनाभि रूप हू। जो मुझे दान देता है, मेरी रक्षा करता है, मै अन्न रूप मे अन्न भक्षण करता हू, मै निखिल जगत का तिरस्कारक हू, मेरा तेज सूर्य जैसा है। इस प्रकार का ज्ञानी भी वैसा ही सामर्थ्यवान बन जाता है।

□

शांतिपाठ :

अध्यायंतु ममांगनि वाक्प्राणचक्षुष क्षोत्रमथो बामिद्रियाणि सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषद माह ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोद निराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरतेय उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि संतु ।

ॐ शाति· शाति शांति. ।

मेरे अंगवाक, प्राण, चक्षु, कान, वल समस्त इंद्रियां वृद्धि को प्राप्त हों । उपनिषद् ब्रह्मरूप है, यह ब्रह्म मेरा तथा मै ब्रह्म का त्याग न करू । इस प्रकार ब्रह्मरत रहते यहा प्रतिपादित धर्म की प्राप्ति हो । त्रिविध ताप शांत हों ।

प्रथम अध्याय

प्रथम खंड

'ओम्' इस अक्षर की उद्गाता उपासना करता है । वही परमात्मा प्रतीक है ॥1 ॥ समस्त भूतों का रस पृथ्वी तथा पृथ्वी का जल है । जल का रस औषधिया, औषधियों का मानवदेह, मानव का वाणी, वाणी का ऋचा, ऋचा का साम तथा साम का सार 'ओम्' है ॥2 ॥ इस गणना में आठवां यह 'ओम्' सव रसों के सार परमात्मा का प्रतीक है । अत इसे परमात्मा समझें ॥3 ॥ कौन ऋचा है ? कौन साम ? ॥4 ॥ उत्तर है—वाणी ऋचा, प्राण, साम तथा ओम् उद्गीथ है । ऋचा रूप और साम रूप प्राण का युगल प्रसिद्ध है ॥5 ॥

यथा—स्त्री-पुरुष युगल मिलना चाहते हैं, वैसे ही वाणी (ऋचा) तथा प्राण (साम) युगल 'ओम्' से मिलकर पूर्णकाम होते हैं ॥6 ॥ जो इस प्राप्ति के रहस्य को जानते है तथा जानकर 'ओम्' की उपासना करते हैं, वह कामनापूर्ण करानेवाला वन जाता है ॥7 ॥ यह 'ओम्' स्वीकृति रूपी भी है, क्योंकि अनुमति देने में भी 'ओम्' कहा जाता है । यह समृद्धि का मूल माना जाता है । इस तथ्य को जानकर 'ओम्' का उपासक समृद्धिशाली वनता है ॥8 ॥ इस 'ओम्' से ही तीनो वेदों की यज्ञविधिया प्रचलित हैं । अध्वर्य इसी का मंत्र सुनाता है, श्रोता प्रशसा करता है और उद्गाता ज्ञान करता है, यह सब कार्य इसी की पूजार्थ किए जाते हैं ॥9 ॥ जो इसे जानता है, समझता है वह इसी के लिए कर्मशील रहता है । विज्ञान एव कर्म पृथक्-पृथक् हैं । विज्ञान युक्त की गई उपासना ही अधिक शक्तिवती है, यह अक्षर यही कहता है ॥10 ॥

द्वितीय खंड

देव-असुर प्रजापति की दोनों सतानों में युद्ध होने लगा, तो देवों ने 'ओम्' की उपासना द्वारा ही असुरों को हराना चाहा ॥1 ॥ तव उन्होंने घ्राणशक्ति में स्थित 'ओम्' की उपासना की, किंतु असुरों ने उसे पापभ्रष्ट कर दिया । इसीलिए वह सुगध-दुर्गंध दोनों को ग्रहण करती है ॥2 ॥ फिर

देवों ने वाणी रूपी ओम् की उपासना की ॥3 ॥ फिर नेत्र रूपी 'ओम्' की ॥4 ॥ इसके बाद क्षेत्ररूपी 'ओम्' की उपासना की ॥5 ॥ (असुरो ने हर बार उसे पाप से भ्रष्ट कर दिया इसीलिए वाणी सत्य-असत्य दोनो भाषण करती है, नेत्र उचितानुचित सब देखते है और कान भला-बुरा सब सुनते है ।)

तब देवो ने मन की 'ओम्' के रूप में उपासना की । असुरो द्वारा इसे भी पापी बना देने पर ही मन सत् और असत् दोनो का विचार करता है ॥6 ॥ अंत मे देवताओ ने प्राण को 'ओम्' मानकर उपासना की, असुरों ने इसे भी अपवित्र करना चाहा, किंतु उसके समीप जाते ही वे पत्थर से टकराए मिट्टी के टुकड़े सदृश टूट गए ॥7 ॥ असुर प्राणों को नही हरा पाए, अतः प्राण ही उपास्य है । जो अधम 'ओम्' को जाननेवाले का अहित करता है, वह मिट्टी के ढेले के समान नष्ट हो जाता है । इस मर्म का ज्ञाता अभेद्य पाषाण तुल्य होता है ॥8 ॥ शुद्ध होने से प्राण द्वारा मानव सुगध-दुर्गंध अनुभव नही करता है । इससे मनुष्य जो भी खाता-पीता है, यह सभी इंद्रियों की रक्षा करता है, अंतिम समय मे प्राण द्वारा अन्न त्यागने पर, इंद्रियो की शक्ति भी देह से चली जाती है ॥9 ॥

पूर्व काल मे अंगिरा ने प्राण रूप 'ओम्' की उपासना की, अत प्राण आगरिस या समस्त अगो का रस कहलाए ॥10 ॥ बृहस्पति ने प्राण रूप 'ओम्' की उपासना की । अत प्राण बृहस्पति (बृहती-वाणी का पति) कहलाए ॥11 ॥ आयास्य ऋषि ने 'ओम्' की इसी रूप मे उपासना की । अत. प्राण आयास्य (आस्य—मुख से निकला) कहलाए ॥12 ॥ हालंबरा पुत्र बक ऋषि ने इसी रूप मे 'ओम्' की उपासना की । नैमिष वन में ऋषियों की कामना पूर्ति हेतु उद्गीथ गायन किया ॥13 ॥ इस तत्त्व का ज्ञाता निश्चय ही कामनाओ की पूर्ति करता है । यह प्राण की आध्यात्मिक उपासना है ।

तृतीय खंड

यह तपनेवाला आदित्य 'ओम्' की उपासना करता है । उदय होकर उद्गीथ गायन करता है । वह अधकार भय का भी विनाश करता है ॥1 ॥ सूर्य प्राणो के समान ही गुणोवाला है । दोनो मे उष्णता है । अस्त होते समय सूर्य स्वर कहलाता है, प्राण भी स्वर है । अत. दोनो की 'ओम्' रूप मे उपासना करनी चाहिए ॥2 ॥ 'व्यान' की भी उद्गीथ के रूप में उपासना की जाती है । श्वास ग्रहण प्राण है, वायु को मुक्त करना 'अपान' है । इन दोनो के बीच की अवस्था 'व्यान' है, यही वाणी है । इसी अवस्था में वाणी का स्पष्ट उच्चारण संभव है ॥3 ॥ वाणी ही ऋचा है । श्वास गति रोककर ऋचा का उच्चारण करता है । ऋचा ही साम है । श्वास गति रोककर सामगायन होता है । साम ही उद्गीथ है । अत मनुष्य श्वास गति को अवरुद्ध कर इसका गायन करता है ॥4 ॥ इसके अतिरिक्त शक्ति साध्य कर्म (अग्नि मथन, लक्ष्य विशेष तक दौड़ना, धनुष खीचना) भी व्यानावस्था मे ही किए जाते है । अत व्यानावस्था में उद्गीथ उपासना करे ॥5 ॥

उद्गीथ की उपासना इसके अक्षरो से भी की जाती है । प्रथम वर्ण प्राण रूप है, प्राण शक्ति से ही ऊपर उठ जाता है । दूसरा अक्षर 'गी' वाणी है, तीसरा 'थ' अन्न रूप है, जो सबका आधार है ॥6 ॥ या 'उद्' स्वर्ग, 'गी' अंतरिक्ष एवं 'थ' पृथ्वी है, अथवा अग्नि आदि को ग्रहण करने से

आदित्य 'उत्' है,वायु 'गी' है तथा अग्नि 'थ' है या फिर 'उत' 'गी' तथा 'थ' क्रमश ऋक,साम एवं यजुर्वेद हैं । इस मर्म का ज्ञाता उपासक प्राणों के रहस्य को जानकर वेदों का ज्ञाता वनता है,वहुत से भोग और भोगने की शक्ति प्राप्त करता है ॥7 ॥ साम द्वारा उपासना करनेवाला तथा उसका चितन करनेवाला ऋचा के ऋषि देवता तथा छद का भी चिंतन करे तथा स्तोत्र,दिशा एव देवता का भी चिंतन करे ॥8-11 ॥ साम,ऋचा आदि के ध्यान के साथ ही स्वनाम,पितृनाम,गोत्रादि कामना आदि का भी चितन करते हुए परमात्मा की स्तुति करनेवाला शीघ्र मनोवांछित फल प्राप्त करता है ॥12 ॥

चतुर्थ खंड

'ओम्',इस अक्षर को उद्गीथ रूप में उपासना करनेवाला और यज्ञ मे उसका उच्च स्वर से गायन करनेवाला सात्त्विक वृत्तिवाला है । इसी 'ओम्' की व्याख्या यहा है ॥1 ॥ सात्त्विक देवता तामसी मृत्यु से डरकर तीनो वेदों मे प्रविष्ट हुए,अत सब छद आच्छादन करनेवाले कहलाए ॥2 ॥ जैसे मछली पकडनेवाला जल मे मछली की स्थिति जान लेता है,मृत्यु ने भी वैसे ही देवो को वेदो में प्रविष्ट हुआ जाना । देवता भी इस तथ्य को जान गए,अत· वे 'ओम् में प्रवेश कर गए ॥3 ॥ इस प्रकार ऋक,साम एवं यजुर्वेद को जानकर कोई भी 'ओम्' का उच्चारण करता है । स्वर होते हुए भी यह ब्रह्म का स्वरूप है,अत इसमे प्रविष्ट होने से देवता अमर-अभय हो गए ॥4 ॥ कोई भी व्यक्ति 'ओम्' के इस स्वरूप को जानकर इसमें प्रवेश करने से मृत्यु भय से मुक्त हो जाता है ॥5 ॥

पंचम खंड

उद्गीथ ही प्रणव (ओम्) है और प्रणव ही उद्गीथ है,आदित्य भी प्रणव है ॥1 ॥ एक वार कौपीतकि ऋषि ने अपने पुत्र को वताया कि इसी आदित्य का ध्यान करने से तुम मेरे पुत्र हुए हो । तुम भी इसकी उपासना करोगे,तो तुम्हारे अनेक पुत्र होगे ॥2 ॥ आध्यात्मिक दृष्टि से सूर्योपासना का वर्णन इस प्रकार है—हमारा प्राण श्वास के रूप में 'ओम्' की ही उपासना करता है ॥3 ॥ कौपीतकि ऋषि ने पुन अपने पुत्र से पूर्वोक्त बात कही ॥4 ॥ प्रणव ही उद्गीथ और उद्गीथ ही प्रणव है,दोनों में अभेद है । इसे जानकर यज्ञकर्ता प्रणव के श्रेष्ठ विधान से उद्गाता की भूलो को सुधार देता है ॥6 ॥

षष्ठम् खंड

यह पृथ्वी ऋचारूप है,अग्नि समरूप है । यह अग्नि ऋचा पर सुव्यवस्थित है । पृथ्वी का 'स' और अग्नि के 'अम' से 'साम' गायन होता है ॥1 ॥ अंतरिक्ष ही ऋक है,वायु साम है और यह ऋक पर स्थित है ॥2 ॥ स्वर्ग ऋक और आदित्य साम है,जो ऋक पर स्थित है,जिसका गान किया जाता है ॥3 ॥ नक्षत्र ऋक तथा चद्रमा साम है । यह साम ऋक में स्थित है,जिसका गान किया जाता है । नक्षत्र 'सा' और चद्रमा 'म' है,दोनों मिलकर साम वनते हैं ॥4 ॥ आकाश में आदित्य की शुभ्र आभा है वह ऋक है,नील वर्ण साम है,जो ऋक पर स्थित है । इसी का गान किया जाता है ॥5 ॥ शुभ्र और नील आभा क्रमश 'सा' और 'म' है । दोनों मिलकर साम हैं । आदित्य के मध्य में दृश्मान स्वर्णिम दाढीवाला चमकीले केशोंवाला तेजस्वी देहवाला पुरू प्रकाश रूप है ॥6 ॥ इसके नेत्र कमल सदृश है । नाम उत् है । उसका उपासक पापमुक्त हो जाता है ॥7 ॥ ऋक और सामवेद तथा

उद्‌गाता इसी का गान करते है । यह ऊचे लोको का नियामक तथा इच्छित फलदाता है । 'ओम्' की आधिदैविक उपासना यही है ॥8 ॥

सप्तम खंड

आध्यात्मिक उपासना इस प्रकार है कि यह वाणी ही ऋक है और घ्राण 'साम' है । ।1 ॥ नेत्र ऋक है और आत्मा साम है ॥2 ॥ सोम ऋक है और मन साम ॥3 ॥ नेत्र का श्वेत प्रकाश ऋक तथा कृष्ण वर्ण साम है ॥4॥ (प्रत्येक ऋचा के संदर्भ में ऋक स्थित है, तथा पूर्व तत्त्व सा और बाद का म है दोनो मिलकर साम होते है—अन्वय होगा) । नेत्र में दिखाई देनेवाला पुरुष ही ऋक, साम और यजुर्वेद । वही सबका कारण है । आदित्य पुरुष के समान ही नाम-गुणवाला है ॥5 ॥

यही परम पुरुष पृथ्वी के नीचे लोकों का नियता तथा इच्छित फलदाता है । वीणा मे इस परम पुरुष का गायन करनेवाले को धन प्राप्ति होती है । जो इस उद्‌गीथ तथा पूर्ववर्णित दोनो पुरुषों के लिए सामगान करनेवाला आदित्य लोक तथा उससे ऊपर के लोको को प्राप्त करता है । वह देवताओ, पृथ्वी लोक तथा नीचे के लोको के भोगो को भी प्राप्त करता है । यह सब जाननेवाला उदगाथा यजमान से कहता है, 'तेरी कौन-सी इच्छापूर्ति हेतु सामगान करू । वह गायन से इच्छापूर्ण कर लेता है ॥7-9 ॥

अष्टम खंड

शीलवान के पुत्र शिलक, चिकितायन पुत्र दालभ्य तथा जीबल पुत्र प्रवाहण—ये तीनों ऋषि उद्‌गीथ गान में कुशल थे । एक दिन मिलकर वे अपने ज्ञान की चर्चा करने लगे ॥1 ॥ वे एक स्थान पर बैठे । प्रवाहण ने कहा, 'आज्ञा हो तो मैं प्रश्न करू ?' दालभ्य ने स्वीकृति दे दी । ।3 ॥ शिलक ने पूछा, 'उद्‌गीथ का आश्रय क्या है ?' दालभ्य—'स्वर ।' शिलक—'स्वर का आश्रय' दालभ्ये—'प्राण' । शिलक ने फिर कहा, 'प्राण का आधार' दालभ्य—'अन्न का आश्रय ?' दालभ्य ने कहा—'अन्न का आश्रय जल है, जिसके बिना अन्नोत्पत्ति संभव नही है ॥4 ॥ 'जल का आश्रय' इस प्रश्न पर दालभ्य ने कहा— 'स्वर्ग, क्योकि जल स्वर्ग से बरसता है ।' शिलक द्वारा स्वर्ग का आधार पूछने पर दालभ्य ने कहा—'स्वर्ग अनतिक्रमणीय है । हम साम की स्थिति स्वर्ग से मानते है और स्वर्ग भाव से उसे पूजते हैं ॥5 ॥

फिर शिलक ने दालभ्य से पूछा, 'तुम्हारा साम उचित नही । यदि कोई अविवेकी शास्त्रार्थी तुम्हें कहे कि तुम्हारा मस्तक गिर जाए, तो यह अभी गिर जाए । दालभ्य ने कहा—'मै भी आपसे साम की स्थिति जानना चाहता हू ।' शिलक की स्वीकृति मिलने पर दालभ्य ने पूछा—'स्वर्ग का आधार क्या है ?' शिलक—'स्वर्ग लोक का पोषण होता है ।' दालभ्य—इस लोक का आश्रय कौन है ? शिलक—'पृथ्वी सवका आधार है । अतः इसका अतिक्रमण नही करना चाहिए । पृथ्वी की स्तुति की जाती है । साम पृथ्वी का आधारवाला है ॥6 ॥ प्रवाहण ने कहा—'तुम्हारा साम अतार्किक है । अत कोई तुमसे सिर गिरने को कहे, तो तुम्हारा सिर गिर जाए ।' शिलक द्वारा इस रहस्य पर पूछने की आज्ञा मांगी गई । प्रवाहण ने सहमति दी ।

नवम खंड

शिलक ने पूछा—'इस लोक का आश्रय कौन है ?' प्रवाहण ने कहा—'चराचर आकाश से ही पैदा होते है तथा उसी में विलीन हो जाते है, अत लोक का आश्रय आकाश है। परमात्मा जीवो से महान है। अत त्रिकाल में वही सबका आश्रय है ॥1 ॥ वही श्रेष्ठातिश्रेष्ठ और अनंत है। इस रूप मे इसे समझकर उद्‌गीथ के उपासक निरतर वृद्धि और श्रेष्ठ लोकों को प्राप्त होते है ॥2 ॥ एक समय अविधन्वा ऋषि ने उदर-शांडिल्य को यह रहस्य बताते हुए कहा था, 'जब तक तेरी सताने इस रहस्य को जानती रहेंगी, उनका यह लोक तथा परलोक श्रेष्ठ रहेगा ॥3 ॥ इस रहस्य का ज्ञाता दोनों ही लोकों मे क्रमश उन्नत स्थान पाता है ॥4 ॥

दशम खंड

कुरू देश मे ओलावृद्धि के परिणाम स्वरूप अकाल पड़ गया, तब उषस्ति ऋषि अपनी पत्नी के साथ दीनावस्था मे महावतो के गावो मे रहते थे ॥1 ॥एक महावत उडद खा रहा था। उषस्ति ने उससे भिक्षा मागी। महावत ने कहा, 'जिन उडदो को मै खा रहा हूं, इसके अलावा मेरे पास कुछ नही है।' ऋषि ने कहा, 'यही उडद दे दो।' महावत ने उड़द देते हुए कहा, 'इन्हे खाकर जल पी लो।' ऋषि बोले, 'जल पीने से जूठे का दोष लगेगा।' महावत ने कहा, 'उडद भी तो जूठे है।' ऋषि बोले, 'उडद न खाने से मैं मर सकता था, किंतु जल तो मुझे अन्यत्र भी मिल जाएगा।' उपस्ति ने आधे उडद खाकर आधे पत्नी को दिए। वह पहले ही अच्छा भोजन पा चुकी थी। उसने उडद को रख दिया ॥2-5 ॥

दूसरी प्रात: उठने पर ऋषि ने पत्नी से कहा, कुछ भोजन मिल जाए तो फिर कुछ काम करू। पास में एक राजा यज्ञ कर रहा है, वह मुझे यज्ञ मे ऋत्विज बना सकता है ॥6 ॥ पत्नी ने रखे हुए उडद दे दिए। उन्ही को खाकर ऋषि यज्ञ मे पहुचे। उन्होंने प्रस्तोता, उद्‌गाता तथा 'ऋत्विज से क्रमश (पृथक्-पृथक्) कहा—जिस देवता की तुम स्तुति तुम (उद्‌गान और प्रतिहरण) उसे जाने बिना करोगे, तो तुम्हारा सिर गिर पडेगा।' यह सुनकर सभी ने यज्ञ बद कर दिया ॥7-11 ॥

एकादश खंड

तब उपस्ति से राजा ने कहा, 'मै आपका, परिचय जानना चाहता हू।' ऋषि बोले, 'मै चक्र का पुत्र उपस्ति हू।' राजा बोला, 'मै आपके यश से परिचित हूं। पहले मैंने आपको खोजा, आप नही मिले, तब अन्यों का वरण करना पडा। कृपया अब मेरे यज्ञ को सपूर्ण करें।' ऋषि ने सहमत होते हुए कहा, 'प्रस्तोता आदि कार्य करें। जितना धन सबको मिलाकर मिले उतना ही मुझे भी मिले।' राजा सहमत हो गया ॥2-3 ॥ प्रस्तोता, उद्‌गाता तथा ऋत्विज तीनों उनके पास आए। उन तीनों ने क्रमश उनसे कहा, 'आपने मुझसे कहा कि जिस देवता की तुम स्तुति (उद्‌गान या प्रतिहरण) करते हो, यदि उसे नही जानते तो तुम्हारा मस्तक गिर जाएगा। कृपया बतलाइए वह देवता कौन है ?' ॥4 ॥ उन्होंने प्रस्तोता से कहा, 'वह देवता प्राण है। प्रलय के समय सब इसी में समा जाते है।' 'समस्त प्राणी आदित्य का गान करते है। वही उद्‌गीथ से सबधित आदि। तुम्हारा देवता है।

प्रतिहर्ता से कहा, 'प्रतिहरण विषयक देवता है। अन्न ग्रहण करने से ही जीवन सभव है।' (अत तुम इसे न जानते हुए यदि स्तुति, उद्‌गान अथवा प्रतिहरण करते, तो तुम्हारा सिर गिर पडता) ॥5-9॥

द्वादश खंड

अन्न हेतु अलौकिक श्वानकृत उद्‌गान प्रारंभ होता है। एक समय बक और ग्लाव ऋषि स्वाध्याय हेतु गाव के बाहर पानी के पास बैठे। उनके स्वाध्याय से सतुष्ट एक अलौकिक कुत्ता प्रकट हुआ। फिर छोटे-छोटे अनेक कुत्तो ने आकर उस कुत्ते से कहा, 'हम भूखे है, अत अन्न के लिए आप उद्‌गीथ गायन कीजिए।' सफेद कुत्ता बोला, 'कल प्रात यहा आना।' इस विस्मयकारी घटना से आकृष्ट वक और ग्लाव भी दूसरे दिन प्रातः वहां पहुचे। जैसे बहिष्पवमान मे सम्मिलित स्तुति करते है, वैसे ही कुत्ते भी एक-दूसरे की पूछ को मुंह से पकड़कर घूमने लगे। फिर बैठकर हिकार गाने लगे—ॐ खाइए, ॐ पीजिए, ॐवरुण, प्रजापति हमे अन्न दो। हमारे लिए अन्न लाओ (1-5) ॥

त्रयोदश खंड

साम विषयक एक उपासना, इसमे 'हाउ', 'हाई', 'अथ', 'इह' और 'ई' को क्रमश पृथ्वीलोक, वायुलोक, चद्रमा, आत्मा और अग्नि के लिए प्रयुक्त समझकर यह उपासना करनी चाहिए।

'ऊ', 'ए' 'औहोवि' 'हि' 'स्वर', 'या' और 'वाक' क्रमश. आदित्य, आ मत्रण बोधक, विश्वेदेवा, प्रजापति, प्राण, अन्न और विराट स्वरूप समझना चाहिए। नेरहवा 'हू' है, जिसे सबमे व्याप्त कारण रूप समझना चाहिए। इस स्त्रोत को समझकर उपासना करनेवाले की वाणी स्वयं अपना रहस्य प्रकट कर देती है। वह व्यक्ति बहुत अन्नवाला तथा भोगने की शक्तिवाला होता है।

द्वितीय अध्याय

प्रथम खंड

मनीषियों का कथन है, अशेष श्रेष्ठ साम ही है। साम की सब उपासना श्रेष्ठ है। अश्र साम नही है। यदि कोई कहे कि वह साम द्वारा सम्राट के पास गया, तो इससे श्रेष्ठ भावना व्यक्त होती है। 'असाम' द्वारा जाना इसके विरुद्ध समझा जाता है। स्वय के अनुभव से साम प्राप्त हुआ खेदजनक है। साम की साधुता को जानकर इसकी उपासना करने से शीघ्र श्रेष्ठ कर्म की प्राप्ति होती है(1-4) ॥

द्वितीय खंड

लोक में पांच प्रकार की सामोपासना है। पृथ्वी, अग्नि, अंतरिक्ष, आदित्य एव स्वर्ग क्रमश हिकार, प्रस्ताव, उद्‌गीथ प्रतिहार एव निधन है। ऊर्ध्व लोकों में इसी प्रकार साम की दृष्टि है। अधोलोकों में भी पांच प्रकार की सामोपासना है। वहा हिकार, प्रस्ताव, उद्‌गीथ, प्रतिहार एव निधन क्रमश. स्वर्ग, आदित्य, अंतरिक्ष, अग्नि एवं पृथ्वी है। इस तत्त्व का जो ज्ञाता श्रेष्ठ साम की उपासना करता है, उसे ऊर्ध्व एवं अधो लोकों का उपभोग मिलता है (1-3) ॥

तृतीय खंड

वर्षा की पंचविध उपासना है। पुरोवायु हिकार है, जो मेघ पैदा करती है, यह प्रस्ताव है, जल वर्षण उद्‌गीथ है, विजली चमकना प्रतिहार तथा वर्षा रुकना निधन है। इसका ज्ञाता पंचप्रकारक साम का उपासक इच्छानुसार जल वर्षा कर सकता है(1-2) ॥

चतुर्थ खंड

समस्त जलों में पंचविध सामोपासना करे। घनीभूत मेघ, वर्षा, पूर्व वाहिनी नदिया, पश्चिम वाहिनी नदिया और समुद्र क्रमश हिकार, प्रस्ताव, उद्‌गीथ, प्रतिहार और निधन है। इसकी जल मे उपासना करनेवाला ज्ञाता जल से नही मरता और निर्जल स्थानों मे भी जल प्राप्त करता है। (1-2)

पंचम खंड

ऋतुओं में भी पांच प्रकार की सामोपासना की जाए। बसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद एव हेमत क्रमश हिकार, प्रस्ताव, उद्‌गीथ, प्रतिहार एवं निधन है। इस प्रकार पाच प्रकार से ऋतुओ मे सामोपासना करनेवाले को ऋतुएं उपयुक्त भोग देती है। (1-2)

षष्ठ खंड

पशु विषय सामोपासना भी पचविध है। बकरी, भेड, अश्व और पुरुष क्रमश हिकार, प्रस्ताव, उद्‌गीथ, प्रतिहार और निधन हैं। इसका ज्ञाता पचप्रकारक सामोपोषक पशुधन से समृद्ध रहता है ।(1-2)

सप्तम खंड

इद्रियों में भी यही नियम है। प्राण, वाणी, नेत्र, कान तथा मन क्रमशः हिंकार, प्रस्ताव, उद्‌गीथ, प्रतिहार तथा निधन है। इस श्रेष्ठ प्राणों के पचविधि साम का उपासक श्रेष्ठ जीवन तथा लोको को प्राप्त करता है। (1-2)

अष्टम खंड

साम की सप्तविधि उपासना—वाणी की सप्तविधि उपासना होती है। शब्द का 'हुम', 'प्र', 'अ', 'उत्', 'प्रति', 'उप' और निरूप क्रमशः हिंकार, प्रस्ताव, ओम्, उद्‌गीथ, प्रतिहार, उपद्रव और निधन हैं। इसके सम्यक् ज्ञाता उपासक को वाणी अपना सार देती है तथा वह बहुत अन्नवान बनता है ।(1-3)

नवम खंड

प्रसिद्ध आदित्य की दृष्टि से समार्चन करें। सदा सम रहने से आदित्य साम है। वह मनमें सभावना देता है। इसमें सभी आश्रित हैं। इसका उदय से पूर्व का रूप हिंकार है। इस रूप से पशु अनुगत होते है। वे आदित्य साम को भजने के कारण ही उसके उदय पर हिंकार करते है। उदय के बाद का प्रथम रूप प्रस्ताव है। इससे मनुष्य उसका भजन करके अनुगत होते हैं। इसके बाद का संकटकाल का आदित्य 'ओम्' है। इसको भजते हुए पक्षी अतरिक्ष मे चले जाते हैं। वे ही इस रूप

से अनुगत होते है । मध्य दिन का सूर्य उद्गीथ है । इसे देवता भजते है, प्रजापति की श्रेष्ठ सतान है । (1-5)

इसके बाद अपराह्न से पूर्व का सूर्य प्रतिहार है । इसे इसके अनुगत गर्भस्थ भजते है । अपराह्न के बाद अस्त से पूर्व का सूर्य उपद्रव है । वन्य पशु इसी से अनुगत है । इसी को भजते है । इससे वे वन में जाकर निरातंक हो जाते है । अस्त होता हुआ सूर्य निधन है । इससे पितृगण अनुगत है, वे इसी का भजन करते है । इस प्रकार सात रूपोवाले आदित्य रूप साम की उपासना है ।(6-8)

दशम खंड

अतिमृत्यु रूप साम की सप्तविध उपासना करे । हिकार और प्रस्ताव दोनो तीन वर्णवाले है । आदि दो अक्षरोवाला तथा प्रतिहार चार अक्षरोंवाला है, इसमे से एक वर्ण आदि मे डालने पर दोनो में बराबर हो जाएगे । उद्गीथ और उपद्रव क्रमश. तीन एवं चार वर्णो के है । बादवाले मे एक वर्ण अधिक है । यह भी वर्ण है । तीन वाला भी नाम है । निधन तीन अक्षरीय है । इन सात विभागो मे कुल बाईस अक्षर है । इक्कीस अक्षरो से साधक स्वर्गलोक जाता है । बारह माह, पाच ऋतुए और तीन लोक मिलकर बीस है । आदित्य इक्कीसवां है । बाईस अक्षरों से साधक को आदित्य से श्रेष्ठ लोक मिलता है । इक्कीस की सख्या से आदित्य प्राप्य है । इस प्रकार का आदित्य समान ज्ञाता मृत्यु जय हेतु सामोपासना करता है । (1-6)

एकादश खंड

मन हिकार है, वाणी प्रस्ताव, नेत्र उद्गीथ, कान प्रतिहार और नासिका निधन है । गायत्री साम प्राणो में प्रतिष्ठित है । इसकी उपासना करनेवाला प्राणवान बनता है, पूर्ण आयु, उज्ज्वल जीवन, सतान, पशु, कीर्ति तथा मनस्वितामय होता है ।

द्वादश खंड

अभिमंथन हिकार है, धुआ प्रस्ताव, जलना उद्गीथ, अहकार प्रतिहार और अग्निशांत होना निधन है । इस रथतर साम अग्नि का उपासक तेजस्वी, चिरायु धन-धान्य, सतान आदि संपन्न होता है । अग्नि की ओर मुखकर न सोए और न कुछ खाए यह व्रत है । (1-2)

त्रयोदश खंड

उपमन्त्रणा हिकार है, ज्ञापन प्रस्ताव है, स्त्री उद्गीथ है, उसके साथ सोना प्रतिहार तथा समय बिताना निधन है । दांपत्य जीवन के नियमों का पालन करते हुए उपासना करने वाला गृहस्थ सुख, सतान, आयु आदि का भोग करता है । परस्त्री कामना न करे व्यभिचार से दूर रहे यह व्रत है ।(1-2)

चतुर्दश खंड

उदय होता सूर्य हिकार, उगा हुआ प्रस्ताव, मध्य दिन का उद्गीथ अपराह्न का प्रतिहार तथा अस्तकाल का निधन है । यह वृहत साम आदित्य में रहता है । जो इसकी उपासना करता है, वह कातियुक्त, दीर्घायु, यशस्वी तथा सपन्न होता है । आदित्य निदा न करे यह व्रत है । (1-2)

पंचदश खंड

बादलों का भागना, बिजली चमकना, वर्षा होना, गर्जन होना तथा वर्षा समाप्ति क्रमश हिकार प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार एवं निधन है। यह वैरूप साम पर्जन्य मे स्थित है। इसकी उपासना करनेवाला सतान, पशु कीर्ति से समृद्ध रहता है। मेघ निदा न करे यह व्रत है।

षोडश खंड

वसत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद तथा हेमंत क्रमश हिकार प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार तथा निधन हैं। वैराज नाम यह साम ऋतुओं में स्थित है। वैराज साम की ऋतुओ में उपासना करनेवाला पूर्वोक्त रूप में समृद्ध होता है। ऋतु निदा न करे, यह व्रत है।(1-2)

सप्तदश खंड

पृथ्वी, अंतरिक्ष, स्वर्ग, दिशा एव समुद्र क्रमश हिकार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार एव निधन है। यह शक्वरी साम लोकों मे स्थित है। शक्वरी सामो को लोको में स्थित मानकर उपासना करनेवाला पूर्वोक्त विशिष्टताओं से समृद्ध होता है। लोकनिदा न करे, यह व्रत है। (1-2)

अष्टदश खंड

वकरी हिंकार है, भेड़ प्रस्ताव, गो उद्गीथ, घोडा प्रतिहार तथा मानव निधन है। यह खेती साम पशुओ मे स्थित है। इसे इस प्रकार जानकर ..(पूर्ववत्) पशु निदा न करे यह व्रत है(1-2)।

उनविंश खंड

लोभ हिंकार है, त्वचा प्रस्ताव है, मांस उद्गीथ अस्थि प्रतिहार तथा मज्जा निधन है। यह यज्ञायज्ञीय सामोपासना है। इसे अंगों सहित जानकर उपासना करनेवाला सपूर्ण अगों से युक्त संतान, पशुओं. (पूर्ववत्) मांसाहारी भी एक वर्ष तक निरामिष भोजी बने यह व्रत है(1-2)।

विंश खंड

अग्नि हिंकार, वायु प्रस्ताव, आदित्य, उद्गीथ, नक्षत्र प्रतिहार तथा चद्रमा निधन है। यह राजन साम देवों में स्थित है। इसे इसी प्रकार समझकर उपासना करनेवाला, देवलोक, ऋषिलोक तथा ईश्वर के सायुज्य को प्राप्त होता है। पूर्ण आयु, सतान (पूर्व के समान) ब्रह्म वेत्ताओं की निदा न करना इसमें व्रत है(1-2)।

एकविंश खंड

त्रयी विद्या (वेद विद्या) हिंकार है, तीनों लोक प्रस्ताव, अग्नि, वायु और आदित्य— ये उद्गीथ, नक्षत्र, किरण और पक्षी प्रतिहार तथा सर्व, गधर्व एवं पितृ निधन हैं। यह सब मे है। जो इस साम समूह को वेद विद्या स्थित जानकर इसकी उपासना करता है, वह ईश्वर रूप बनता है। यहा बताए गए पांचों में तीन-तीन के समूह मे बढकर विश्व में कुछ भी नही है। इस उपासना को करनेवाला सभी दिशाओं से भोग पाता है। मैं सब कुछ हूं, इस भाव की पूजा व्रत है।

द्वाविंश खंड

विनर्दि नामक साम, पशु धन में हितकारक है, ऐसा अग्नि गान है । प्रजापति का गायन अस्पष्ट, सोम का स्पष्ट, वायु का मधुर, इंद्र का बलवान मधुर, गुरु का क्रौच पक्षी के शब्द के समान वरुण का भग्न कास्यपात्र जैसा । सबका उच्चारण करें, किंतु वरुण का न करे । देवों के लिए अमृत पान की व्यवस्था के विचार से उद्‌गान करें । मित्रो को स्वधा, मनुष्यों के लिए अभीष्ट, पशुओ, यजमान तथा स्वय के लिए क्रमश घास, स्वर्ग तथा अन्न साधन का ध्यान करना चाहिए । तब स्तुति करे । सपूर्ण स्वर इद्र की आत्मा है, ऊष्म एव स्पर्श अक्षर क्रमश. प्रजापति एव मृत्यु के आत्मा है । स्वर मे दोष निकालने वाले से उद्‌गाता कहे कि वह तब इद्र का आश्रित था अत इद्र ही उत्तर देगा । यदि कोई ऊष्म या स्पर्श अक्षरों मे दोष निकाले, तो उनसे भी कहे कि मैं इनके देवताओ के आश्रय मे . . (पूर्ववत्) सभी स्वर सद्योष बलपूर्वक उच्चरित हों । इद्र के प्रयत्न की कल्पना करनी चाहिए । सभी ऊष्म स्वर अग्रस्त, अनिस्त तथा विवृत बोले जाएं । उच्चारण के समय प्रजापति को आत्मा देने की कल्पना करें । स्पर्शाक्षर धीरे स्पष्ट बोलें उस समय मृत्यु को 'शरीर से बाहर निकालने का विचार करें ।(1-5) ।

त्रयोविंश खंड

यज्ञ, अध्ययन और दान कर्म के तीन भाग है । जो क्रमश ब्रह्मचर्य, गुरु कुल वास तथा वहा रहकर शरीर को कष्ट देना ही है । ये सभी पुण्यलोक तथा अमृत प्राप्त करानेवाले है । प्रजापति को लोकों के सार ऋक्, यजुष्, और साम की प्रतीति हुई । इन पर विशेष ध्यान देने पर उसे 'भू', 'भुव' और 'स्व' की प्रतीति हुई । तीनो का सार ग्रहण करने पर 'ओम्' प्रतीत हुआ, यही ब्रह्म है । जैसे पत्ते के शकु से उसमें नसें व्याप्त रहती है, वैसे ही 'ओम्' समस्त वाणी में व्यापक होने से परमात्मा ही है, यही सव कुछ है । (1-3)

चतुर्विश खंड

ब्रह्मवादी कहते है कि प्रातःकाल, मध्य दिन तथा साय का सवन क्रमश वसुओं, रुद्रो तथा आदित्यों का है । तव यदि यजमान के लोक के विषय में यज्ञकर्ता नहीं जानता तो वह अज्ञानी है । उसके ज्ञाता को ही यज्ञ करना चाहिए । प्रात ऋचा पाठ से पूर्व यजमान उत्तर को मुख करके 'वसु' देव का गायन करता है । 'हे अग्नि अंपने द्वार खोलो, जिससे राज्य प्राप्ति हेतु हम तुम्हे देख सकें' । अग्न को नमस्कार करके 'मै इस यजमान लोक को प्राप्त करूगा मृत्युपरांत यहा जाऊगा ।' कहकर हवन के बाद 'परिधि दूर करो' कहकर बैठता है । तव वसुदेव उसे प्रात स्तवन देते है ।1-6 ।

मध्य दिन के सवन मे यजमान उत्तराभिमुख, दक्षिणाग्नि के लिए पीछे बैठे । रुद्र का साम गान करे—'हे रुद्र अतरिक्ष प्राप्त के लिए मार्ग दो । वैराज प्राप्ति के लिए हम तेरा दर्शन करेंगे । फिर—'अंतरिक्षवासी लोक स्थित वायु को नमस्कार । मुझे लोक प्राप्ति कराओ । मै इस यजमान लोक में जाऊंगा . स्वाहा परिधि दूर करो' ऐसा करनेवाले को रुद्र मध्य दिवस मवन प्रदान करते है । (7-10)

तृतीय सवन के आदि में आह्वनीय के पीछे उत्तराभिमुख बैठें। आदित्य का नाम गान करे, 'हे अग्नि स्वराज्य प्राप्ति के लिए हम तुम्हारा दर्शन करेंगे। स्वर्ग द्वार खोलो।', फिर विश्वेदेव का गायन करे 'स्वर्ग के निवासी विश्वेदेव तथा आदित्यो, नमस्कार मुझ यजमान को इस लोक की प्राप्ति कराओ। आयु पूर्ण होने पर यहा आऊगा—स्वाहा।' पुन उठकर 'परिधि दूर करो' कहे। ऐसे यजमान को ये देवता तृतीय सवन प्रदान करते है। इसके ज्ञाता को इसकी प्राप्ति सभव है। (11-16)

तृतीय अध्याय

प्रथम खंड

ओकार ही सूर्य का मधु, द्यौ एव अतरिक्ष क्रमश दड एव छत्र तथा किरणे मधुमक्खियो के बच्चों की तरह हैं। पूर्व दिशा की किरणें 'ऋचाए' ऋग्वेद तथा सोमादि क्रमश छतो के छिद्र, मधुमक्खी, पुष्प तथा अमृत रूपी जल है। ऋग्वेद की ऋचाएं प्रकाशक, यज्ञादि से कीर्ति प्रकाश आदि तथा भक्षणीय पदार्थो की उत्पत्ति हुई। विशेष रूप मे गतिशील वह रस आदित्य के पूर्व भाग में आश्रित है। सूर्य का लाल वर्ण यही रस है। (1-4)

द्वितीय खंड

सूर्य की दाहिनी किरणे, यजुर्वेद के मंत्र, यह वेद तथा सोम क्रमश छत्ते की दक्षिण मधु पर्क, मधुमक्खी, पुष्प तथा अमृत रूप जलादि है। इन्ही मत्रो ने यजुर्वेद को प्रभावी बनाया है, जिससे कीर्ति बल एवं भक्षणीय पदार्थ जन्मे। इन सबके रस ने आदित्य का आश्रय लिया, यही सूर्य का शुभ्र वर्ण है। (1-3)

तृतीय खंड

सूर्य की पश्चिमी किरणें, साममत्री, सामवेद तथा सोमादि क्रमश पश्चिमी मधुनलिकाए, मधुमक्खी पुष्प और अमृतादि जल है। साममंत्रों ने इस वेद को तप्त किया, जिससे कीर्ति आदि तथा भक्षणीय अन्न उपजे। इस रस ने सूर्य के चारों ओर आश्रय लिया, जो सूर्य के काले वर्ण के रूप में है। (1-3)

चतुर्थ खंड

इसकी उत्तरी किरणें, अग्नि रस, इतिहास, पुराण, सोमादि क्रमश उत्तरी मधुनलिकाएं, मधुमक्खी, पुण्य, अमृतादि जल है। मत्रों ने इतिहास आदि को अभितप्त करके कीर्ति तेजादि (पूर्ववत) उत्पन्न किए। यह रस सूर्य के चारों ओर आश्रित हुआ। सूर्य का गहन श्यामवर्ण यही है (1-3)

पंचम खंड

ऊर्ध्व किरणें, गुह्य आदेश, प्राण और सोम क्रमश ऊर्ध्व मधुनलिकाए आदि हैं। गुह्य आदेशो ने प्रणव को व्याप्त किया, जिससे कीर्ति आदि उत्पन्न हुए। इस रस ने (पूर्ववत) आदित्य का आश्रय

लिया। आदित्य के मध्य में गतिशील दृश्यमान यही मधु है। लाल आदि वेर्ण रस है। रस रूप वेदो के यह रस है। ये वेद ही अमृतों के अमृत हैं (1-4)

षष्ठम खंड

इनके प्रथम अमृत से अग्नि द्वारा वसुगण जीवित रहते है। देवता बिना खाए-पिए इस अमृत के अनुभव से ही तृप्त रहते है। वसु इस रूप से ही शात हो जाते हैं तथा यथासमय क्रियाशील होते है। इस तथ्य का ज्ञाता वसु बनकर इस अमृत के अनुभव से ही तृप्त होता है। उन्ही के समान इस रूप से शात एव क्रियाशील होता है। वह सूर्य के उदय से अस्त तक के राज्य को वसुओं से प्राप्त करता है (1-4)

सप्तम खंड

अब द्वितीय अमृत द्वारा रुद्रादि इद्र के सहयोग से जीवित रहते है। भूख-प्यास का अनुभव न होने से देवता इसके दर्शन मात्र से तृप्त होते है तथा उदासीन एवं सक्रिय होते है। इसे जानकर उपासना करनेवाला एक रुद्र बनकर इंद्र की प्रधानता से अमृत-दर्शन से ही तृप्त होता है, तथा सूर्य के उदय से...(पूर्ववत्) (1-4)

अष्टम खंड

अब तृतीय अमृत द्वारा आदित्यगण वरुण द्वारा जीवित रहते है। देवता न तो खाते हैं न पीते है। (शेष उपर्युक्त षष्ठम खड के समान अन्वय होगा। केवल यहा इंद्र के स्थान पर वरुण पढा जाएगा। अत मे वसुओं के स्थान पर आदित्य पढा जाएगा)।(1-4)

नवम खंड

अब चतुर्थ अमृत द्वारा मरुद्गण सोम की प्रधानता से उपजीवन करते हैं। (शेष षष्ठम खंड के समान केवल वसुगण के स्थान पर मरुद्गण, वसु के स्थान पर मरुद् आदि पढ़ा जाएगा। (1-4)

दशम खंड

पचम अमृत से साध्यगण ब्रह्म द्वारा जीवन धारण करते हैं। (शेष सप्तम खड के समान पढा जाए, केवल रुद्र के स्थान पर साध्य तथा इंद्र के स्थान पर ब्रह्म पढ़ें) ।(1-4)

एकादश खंड

इसके बाद प्राणी ब्रह्म मे मिलकर न तो उदय होते हैं न अस्त। वे अपनी अद्वितीय आशा में स्थित हो जाते हैं। ब्रह्मलोक में सूर्योदय या सूर्यास्त नही होता। देवो मै सत्य द्वारा ब्रह्म को प्राप्त करूं। इस रहस्य के ज्ञाता के लिए सूर्योदय अथवा अस्त नही होता, सदा दिन ही रहता है। यह मधुविद्या हिरण्यगर्भ, विराट, मनु, प्रजा, अरुण तथा उद्दालक को (क्रमश. अपने पूर्व लिखित से) प्राप्त हुई। इस ज्ञान को पिता ज्येष्ठ पुत्र को तथा आचार्य शिष्य को दे, अन्य किसी को न दे। चाहे आचार्य को धन भरे समुद्र से युक्त पृथ्वी दे दे फिर भी यह ज्ञान वड़ा है।

द्वादश खंड

गायत्री निरूपण—गायत्री सभी प्राणी रूप है। समस्त चराचर गायत्री ही है। वाणी गायत्री है। वोणी ही वोली जाती है तथा रक्षा करती है। यही गायत्री पृथ्वी है, जिसमे अखिल प्राणी रहते है, इसका कोई उल्लघन नही कर सकता। पृथ्वी रूप गायत्री ही शरीर है। इसमें प्राण स्थित है, जो इसे नही छोडते। शरीर ही अत हृदय है, जिसमें प्राण रहते है, इसे नही त्यागते। यह गायत्री चार चरणवाली और छ प्रकार की है। इसका मंत्र है—इस गायत्री रूप ब्रह्म की ऐसी ही महिमा है। पुरुप इससे भी महान है। इस ब्रह्म का एक चरण सभी प्राणी है। त्रिपाद पुरुष अमृत—त्रिपादमय आत्मा में स्थित है। यह प्रसिद्ध ब्रह्म, पुरुष के बाहर आकाश स्थित भीतर आकाश स्थित तथा हृदयकमल भीतर स्थित आकाश मे भी यही ब्रह्म है। इस पूर्ण अनश्वर ब्रह्म का उपासक पूर्ण अछेद्य विभूति को मिल जाता है (1-9)

त्रयोदश खंड

गायत्री उपासना के पच प्राण—शरीर मे देवों द्वारा रक्षा करने के लिए पाच छेद है। पूर्वी छिद्र प्राण, चक्षु प्राण तेज और अनाद्य है। यह जानकर इसकी उपासना करनेवाला तेजस्वी होता है। दक्षिण छिद्र व्यान, क्षोत्र, चद्रमा, विभूति और कीर्ति है। पश्चिम छिद्र अपान, वाणी और अग्नि है। उत्तरवाला छिद्र समान, अतकरण, मेद्य तथा कीर्ति एवं व्यष्टि है। ऊर्ध्व छिद्र उदान, वायु, मह है। इन चारों को जानकर उपासना करनेवाला क्रमश विभूति-कीर्तिवाला तेज प्रदीप्त जठराग्निवाला, यश-लावण्ययुक्त तथा बलयुक्त महानतावाला होता है। हृदय स्थित परमात्मा के ये पाच पुरुप स्वर्ग के द्वारपाल है, इनके उपासक के वश में वीर जन्म लेते है। इनका उपासक परमात्मा को पाता है। स्वर्ग से भी ऊपर प्रकाशित होनेवाली ख्याति इसी पुरुष की अत ज्योति है। स्पर्श से उष्णता होने पर इस ज्योति का ज्ञान होता है।

इसे सुनने के लिए दोनों कानों को अंगुलियो से बद करने पर शरीर मे रथ की, बैल की अथवा जलती अग्नि की ध्वनि सुनाई देती है। इसे पुष्ट एवं श्रुत जानकर उपासना करनेवाला दर्शनीय तथा यशस्वी वनता है (1-9)

चतुर्दश खंड

सगुणोपासना—निश्चय ही यह ब्रह्म है, क्योंकि जगत इसी से उत्पन्न, इसी में स्थित तथा लय होनेवाला है। इसकी उपासना राग-द्वेप से मुक्त होकर करें। इस देह में जैसे निश्चयवाला जीवन होता है, प्राण त्यागने पर वैसा ही वनता है। अत सत निश्चय करें। परमात्मा मनोमय, प्रशरीरवाला, आभा रूप, सत्य संकल्प, आकाश रूपी आत्मा वाला, सर्वकर्मा, सर्वकाम, सर्वगध, मर्वरस तथा सर्वव्यापक, वाणी रहित, ससभ्रम है। यह मेरा आत्मा चावल, जौ, सरसों आदि से भी सूक्ष्म तथा अंतरिक्षादि मे भी विशाल है। यही ब्रह्म है। देह त्यागने पर भी यह मुझे प्राप्त होगा। शाडिल्य ने कहा है, इस प्रकार के दृढ़ निश्चयवाला ईश्वरत्व को प्राप्त होता है। (1-4)

पंचदश खंड

अतरिक्ष उदरवाला, पृथ्वी रूप मूल्यवाला कभी जीर्ण नही होता। दिशाएं इसके कोण, द्यौ द्वार हैं। यह कोश वसुधा है। सभी इसमे स्थित हैं। पूर्व, पश्चिम, उत्तर तथा दक्षिण दिशाए इसकी जुहू, राज्ञी, सुभु तथा सहमाना नामवाली है। इनका वायु वत्स है। अपने पुत्र हेतु जो इस वायु की उपासना करता है, वह पुत्र के लिए रोता नही है। मै इसी उद्देश्य से इसकी उपासना करता हू। अत. पुत्र के लिए दु.खी न होऊं। मै. इसके साथ अविनाशी कोण की शरण हू। मै इस . के साथ प्राण की शरण में हू (इसी प्रकार भू की शरण हू, भुव की शरण हू। 'इसके स्थान पर पुत्र का नाम लें) मैंने जो कहा प्राण की शरण हूं, तात्पर्य है सर्वभूत प्राण की शरण हूं। मै भू की शरण का अर्थ स्वर्ग, पृथ्वी और अतरिक्ष की शरण है। भुव· की शरण का अर्थ अग्नि और वायु की शरण है। फिर स्व· की शरण का अर्थ ऋक, साम एव यजुर्वेद की शरण हूं-है। (1-7)

षोडश खंड

स्वदीर्घ जीवन हेतु प्राणोपासना--पुरुष ही यज्ञ है। उसके चौबीस वर्ष प्रात सवन है। इसका सबध गायत्री से है। गायत्री के भी चौवीस अक्षर है। प्राण वसु है, क्योकि वे सबको बनाते है। इस वय मे दु खी लोग यह प्रार्थना करें 'प्राण रूप वसुओ, मेरे प्रात.सवन को माध्यांदिन यज्ञ से एक रूप कर दो, जिसमें वसुओं से विच्छेद न कर पाऊं। अत: वह दु.ख मुक्त हो जाता है। चवालीस वर्ष माध्यांदिन यज्ञ है, जो त्रिष्टुप से सबद्ध है। त्रिष्टुप के 44 अक्षर होते हैं। इसके अनुगत रुद्र हैं। प्राण रुद्र है, क्योंकि यह सबको रुलाते है। इस अवस्था में दु ख मुक्ति हेतु यह मंत्र जपें—'प्राणरूप रुद्रो, इसे तृतीय सवन से एकरूप कर दो जिससे मेरा तुमसे विच्छेद न हो। इससे वह दु.ख मुक्त हो जाता है। अडतालीस वर्ष सायकालीन तृतीय सवन है। यह अड़तालीस अक्षर के जगती छद से सबद्ध है। इसके अनुगत आदित्य है। इस उम्र का दु ख निवारक मत्र यह है—'प्राणरूप आदित्यो, मेरे इस तृतीय सवन को 116 वर्ष की आयु से मिला दो। जिससे मै यज्ञरूपी आदित्यो से विच्छिन्न न होऊ।' इससे वह दु खमुक्त हो जाता है। इस उपासना के ज्ञाता महिदास ने कहा था, 'रोग तू मुझे क्यों कष्ट देता है ? इससे मै नही मर सकता।' इससे वह 116 वर्ष जीवित रहा। ऐसी उपासना करनेवाला नीरोग रहकर 116 वर्ष जीवित रहता है।

सप्तदश खंड

आत्म यज्ञ--खाने की, पीने की इच्छा करना और उसमें आसक्त न होना ही उसकी दीक्षा है। खाने-पीनेवाला, आसक्तिवाला 'उपसद' प्राप्त करता है। हंसने, भक्षण करने तथा मैथुन करनेवाले स्तुति के स्त्रोत्रों को पाते हैं। तप-दान दक्षिणा है। प्रसूत होना जन्म तथा यज्ञांतका अवमृत मरण है। आंगिरस ऋषि ने यह मंत्र देवकी पुत्र कृष्ण को दिया, जो मरणकाल में जय है (1) तू अतरिक्ष है (2) तू नाशरहित है (3) तू सूक्ष्म प्राण है। आचार्य के वचनों से कृष्ण अन्य उपासनाओ से निर्लिप्त हो गए। पूर्व कारण से हम अज्ञाननाशक श्रेष्ठ प्रकाश का अनुभव करते हैं। हृदय स्थित परम ज्योति का अनुभव करते हुए दैवीय प्रकाश को प्राप्त करते हैं। यह इस विषयक रचनाएं है।(1-7)

अष्टादश खंड

अंतःकरण को परमात्मा मानकर उपासना करें। आकाश की इस रूप मे उपासना करें। यह दोनों क्रमश आध्यात्मिक और अधिदैविक उपासनाएं है। इस चतुष्पाद ब्रह्म के वाणी, घ्राण, नेत्र और श्रोत्र पाद है। यह अध्यात्म है। आधिदैविक दृष्टि से आकाश ब्रह्म है, अग्नि, वायु, आदित्य और दिशा इसके चार चरण है। यह आध्यात्मिक एवं आधिदैविक दोनों उपदेश है। वाणी, मनरूप ब्रह्म का चतुर्थ पाद है, जो अग्नि रूप ज्योति से प्रकाशित और गतिमान होता है। घ्राण ब्रह्म का चौथा पाद है। चक्षु ब्रह्म का चौथा पाद है। श्रोत्र ब्रह्म का चौथा पाद है। (ये तीनों चतुर्थ पाद क्रमश वायु रूप ज्योति से, आदित्य रूप ज्योति से तथा दिशा रूप ज्योति से प्रकाशित होते है। इस प्रकार जो इनकी उपासना करता है, कीर्ति, यश और ब्रह्म तेज से प्रकाशमान होता है।

एकोनविंश खंड

आदित्य रूप में ब्रह्म उपासना—कहते है, ब्रह्म आदित्य है, वह सर्वज्ञ पहले असत् था फिर सत् हुआ फिर एकीभूत होकर अंडा रूप बना। अंडा फूटने पर उसके अवयव सोना-चादी बने। चादी से पृथ्वी स्वर्ण से द्यौ, स्थूल भाग से पर्वत, सूक्ष्म से मेघ-कुहरा, शिराओ से नदिया तथा मूत्राशय के जल से समुद्र हुआ। अडे का गर्भ आदित्य है। इसके जन्म से नाद शब्द तथा समस्त चराचर जगत बना। यह आदित्य है, इस भावना से उपासना करनेवाला श्रेष्ठ शब्द और सुखो को पाता है (1-4)

चतुर्थ अध्याय

प्रथम खंड

प्रसिद्ध राजा जनश्रुति का प्रपौत्र दानी था। उसके घर में अत्यधिक भोजन बनता था तथा राज्य में अनेक भोजनालय बनाए गए थे, जहा लोग भोजन कर सकें। एक रात्रि राजा ने दो हस उडते देखे। एक हस बोला, 'मूर्ख । जनश्रुति के पौत्र का तेज दिवस के समान है। इसे स्पर्श न कर, जला देगा।' दूसरा बोला, तू क्यों इस राजा का इतना बखान करता है ? क्या यह गाडीवाले रैक्व के सदृश्य है ? पहला हस बोला 'जैसे यज्ञ विजय से सब नीचे हो जाते है। वैसे ही प्रजा का समस्त पुण्य उसे मिलता है। मुझे बताया गया है कि अन्यों के अविदित को भी रैक्व जानता है।' राजा यह सब सुन रहा था। प्रात उसने चरणों से कहा कि गाडीवाले रैक्व को बुलाए। सेवकों ने पूछा कि 'रैक्व कौन है ?' राजा ने पूर्व वृत्तांत दोहरा दिया। बहुत ढूंढ़ने पर भी रैक्व को न पाकर सेवक लौट आए। राजा ने कहा, 'उसे ब्रह्म वेत्ताओं के जैसे एकात स्थानों में ढूंढें । "सेवकों को यह एक निर्जन स्थान पर गाड़ी के नीचे बैठा स्वय को खुजलाता हुआ मिला। सेवकों द्वारा पूछे जाने पर उसने स्वय को रैक्व बताया। सेवक वापस लौट आए। (1-8)

द्वितीय खंड

वह राजा छ सौ गाएं, हार तथा खच्चरी सहित रथ लेकर रैक्व के पास गया। उसने रैक्व से यह सब स्वीकार करने की प्रार्थना की, तथा उसके उपास्य का उपदेश देने को कहा। रैक्व ने उसे शूद्र शब्द से सबोधित करते हुए सारे उपहार ठुकरा दिए। राजा पुन एक हजार गाए, हार, खच्चरी

सहित रथ तथा अपनी पुत्री को लेकर वहां गया तथा पुनः राजा ने यह सब चीजे और वह गांव भी उसे देना चाहा और उपदेश देने की प्रार्थना की। राजकन्या को विद्याग्रहण का साधन समझकर राजा को पुन शूद्र कहा तथा उसकी प्रार्थना मान ली। यह गांव रैक्व पर्ण नाम से प्रसिद्ध हुआ। रैक्व ने कहना प्रारभ किया। (1-5)

तृतीय खंड

संवर्ग विद्या—वायु ही सवर्ग है। शात अग्नि वायु मे लीन हो जाती है। प्रलय काल में सूर्य भी वायु में मिल जाता है, चंद्र भी, और सूखने पर जल भी। वायु इन सबको लीन करनेवाला है। यह अधिदैवत उपासना और आध्यात्मिक दृष्टि से प्राण सवर्ग है। सोने पर वाणी, चक्षु श्रोत्र और मन सब प्राण मे ही लीन होते है। इस प्रकार दो, सवर्ग है, वायु देवताओं में तथा प्राण इंद्रियो में। एक बार कापेय शौनक तथा कक्षतेन पुत्र अभिप्रतारी भोजन करने बैठे थे। उसी समय एक ब्रह्मचारी द्वारा भिक्षा मागने पर उन्होने मना कर दिया। चार महान लोगो को त्रिभुवन रक्षक प्रजापति लील जाता है। शौनक ! अज्ञानी उसे नही देखते। अभिप्रतारी ! यह अन्न जिसके लिए आया है, उसे नही देते हो। शौनक ने कहा हम उस देवता को जानते है। अग्नि, वाणी आदि प्रजा का जनक, भक्षणस्वभावी तथा अन्य किसी द्वारा अभक्षणीय और अभक्ष्य को भी खा जाता है। हम इसी की उपासना करते हैं। तब भिखारी को भिक्षा की प्राप्ति हुई। ये अग्नि आदि पाँच तत्त्व, वाणी आदि पांच इद्रिया कुल दस कृत समान होते है। यह विराट ही अन्न भक्षक है। इस प्रकार के ज्ञाता उपासक को सब ज्ञान होकर प्रदीप्त जठराग्नि मिलती है (1-7)

चतुर्थ खंड

सत्यकाम ने अपनी मा से कहा, 'मा, मै आचार्य के आश्रम मे ब्रह्मचर्याश्रम में रहना चाहता हू। मेरा क्या गोत्र है ?' मा बोली युवावस्था में मैंने अनेक अतिथियों की सेवा की थी, तभी तेरा जन्म हुआ। अत. मै तेरा गोत्र नही जानती। मेरा नाम जबाला है और तू सत्यकाम है। तू आचार्य को अपना नाम सत्यकाम जबाला बताना। वह गौतम के पास गया और बोला, 'हे आचार्य ! मै आपके यहां ब्रह्मचर्या श्रम व्यतीत करना चाहता हूं।' ऋषि ने उससे नाम एवं गोत्र पूछा। उसने अपनी मा द्वारा बताया गया उत्तर दोहरा दिया। प्रसन्न होकर ऋषि बोले 'एक ब्रह्म ही इतना सत्य बोल सकता है। तुम सत्य से विचलित नही हुए। समिधा लाओ, मै तुम्हारा उपनयन सस्कार करूगा।' उसका सस्कार करने पर ऋषि ने उसे 400 दुबली गाएं चराने को दीं। सत्यकाम ने एक हजार गाए किए बिना न लौटाने की शपथ ली तथा घास-जलवाली जगह ले गया। बहुत समय बाद एक हजार गायो के होने तक वापस न आया।

पंचम खंड

एक बार एक वृषभ बोला, 'सत्यकाम अब हमारी सख्या एक हजार हो गई है, हमें आचार्य के पास ले चलो। मै तुम्हें ब्रह्म का एक पाद बताता हूं।' सत्यकाम की स्वीकृति पर वह आगे बोला, 'ब्रह्म का पथम पाद पूर्व, पश्चिम आदि चार दिशा रूपी कलाओंवाला तथा प्रकाशमान है। ब्रह्म के

इस कलामय पद को जाननेवाला उपासक लोकविख्यात तथा मृत्यु पाने पर प्रकाशमय लोकों को प्राप्त होता है।'

षष्ठम खंड

वृषभ आगे बोला, 'ब्रह्म का द्वितीय चरण अग्नि द्वारा प्राप्त होगा।' गायो को ले जाता हुआ सत्यकाम सध्या के समय रुककर अग्नि के पास पूर्वाभिमुख बैठ गया। अग्नि ने सत्यकाम को ब्रह्म का पाद बताना प्रारंभ किया, 'पृथ्वी, अतरिक्ष, स्वर्ग तथा समुद्र की कलाओंवाला ब्रह्म का अनंत नामक पाद है। इस पाद को जानकर उपासना करनेवाला पृथ्वी पर आनंदमय तथा अक्षयलोक प्राप्त करता है।'

सप्तम खंड

अग्नि बोला, 'अन्य पाद हंस तुम्हें बताएगा।' दूसरी सध्या गायों के साथ ठहरकर अग्नि के समक्ष समिधा सहित पश्चिमाभिमुख बैठा। तभी एक हंस 'सौम्य, मै ब्रह्मपाद बताता हू। अग्नि, सूर्य, चंद्र तथा विद्युत की कलाओंवाला ब्रह्म का ज्योतिमान पाद है इसे सही-सही जानकर उपासना करनेवाला इस लोक में प्रकाशमान होता है तथा मृत्यु के बाद प्रकाशमय लोकों को जाता है।

अष्टम खंड

'मद्गु नामक जलपक्षी तुम्हें अन्य पाठ का उपदेश देगा' यह कहकर हंस उड गया। दूसरी संध्या, पहले के अनुसार वह पूर्वाभिमुख बैठ गया। मद्गु ने आकर कहना आरभ किया, 'प्राण, पक्ष क्षेत्र, तथा मन रूपी कलावाले ब्रह्म का यह आयतन नामक पाद है। जो इस आयतन पाद की उपासना करता है, इस लोक में आश्रय तथा मृत्योपरात आयतन लोक को पाता है।

नवम खंड

आचार्य के पास पहुंचने पर सत्यकाम से वह बोले, सौम्य! तुम ब्रह्मवेत्ता जैसे दीखते हो, तुम्हें किसने उपदेश दिया?' सत्यकाम बोला, 'मुझे मनुष्येतर प्राणियों ने उपदेश दिया है। आप भी दें, क्योंकि मैंने सुना है कि आचार्य प्रदत्त ज्ञान ही श्रेष्ठ होता है।' इस पर आचार्य ने उसे सोलह कलावाली विद्या का पूर्ण उपदेश दिया।

दशम खंड

कमल पुत्र उपकोशल सत्यकाम के आश्रम का ब्रह्मचारी था। बारह वर्षों तक अग्नि-सेवा करने पर भी उसका समावर्तन नहीं हुआ जबकि अन्य ब्रह्मचारियों का समावर्तन हो चुका था। आचार्य पत्नी जया बोली 'सत्यकाम ने यथाविधि अग्नि-सेवा की है। अग्नि या अपनी निंदा करो अथवा इसे उपदेश दो 'सत्यकाम कही प्रवास में चला गया। दुःखी होकर उपकोशल अनशन करने लगा। गुरु पत्नी के भोजन का आग्रह करने पर उपकोशल बोला। मनुष्य को दुःखी करनेवाली अनेक कामनाएं होती हैं, इसीलिए मैं भोजन नहीं करूंगा।' तब तीनों अग्नियों ने परस्पर कहा, 'इसने हमारी समुचित सेवा की है। अत हमें इसे ब्रह्मोपदेश देना चाहिए।' अग्नि उसमे बोली, 'प्राण, क तथा ख ब्रह्म हैं। कोशल ने कहा प्राण को तो मैं जानता हूं, किंतु क और ख क्या है?'

अग्नियों ने बताया' 'क (सुख) तथा ख (आकाश) दोनो एक ही है। इस प्रकार उपकोशल को यह उपदेश मिला।

एकादश खंड

गार्हपत्स अग्नि का उपदेश— 'पृथ्वी, अग्नि, अन्न तथा आदि, यह चार मेरे ही रूप हैं। सूर्य में दृश्यमान पुरुष मै ही हू। ऐसा जानकर उपासना करनेवाला, निष्पाप होता है, अग्निलोक, पूर्ण आयु एव यश प्राप्त करता है। हम उसका परलोक में भी पालन करते है।

द्वादश खड

दक्षिणाग्नि ने कहा—जल, दिशाए, नक्षत्र एवं चंद्रमा ये मेरे ही शरीर है। विद्युत मे दृश्यमान पुरुष भी मै ही हू। इन रूपों को समझकर उपासना करनेवाला (शेष इससे पूर्व के समान)।

त्रयोदश खंड

आह्वनीय अग्नि ने कहा— प्राण, आकाश, स्वर्ग तथा विद्युत मेरे चार शरीर है। चद्र में दीखनेवाला पुरुष मै ही हूं। (शेष इससे पूर्व के समान)।

चतुर्दश खंड

अग्नियों ने कहा, 'उपकोशल' यह विद्या तेरे लिए आत्मविद्या तथा अग्नि विद्या है। इनकी फलप्राप्ति विद्या आचार्य तुम्हें बता ही चुके हैं।' आने पर आचार्य ने उसे ब्रह्मवेत्ता जैसे देखकर उपदेशक का नाम पूछा। उसने पूर्व वृत्तांत कहा। तब आचार्य ने कहा—यह लोक विद्या है। अब मैं तुम्हें वह ज्ञान देता हू, जिससे मानव पापों के कीचड से कमल के समान मुक्त हो जाता है।

पंचदश खंड

आचार्य कहने लगे—आंखों में दीखनेवाला पुरुष अविनाशी अभय ब्रह्म है। वहां घी अथवा पानी डालने पर पलकों में आ जाता है। यह समस्त शोभन वस्तुए तथा पुण्य फल प्राप्त करनेवाला है। यह प्रकाश रूप तथा लोकों में आदित्य रूप से प्रकाशित है। इसका उपासक शोभायुक्त होता है। इसके ज्ञाता की चाहे पत्येपिठ हो अथवा न हो, वह आर्चिदेव को प्राप्त होता है। आर्चिर्देव, दिवस, शुक्ल पक्ष, उत्तरायण, वर्ष, आदित्य, चद्र एव विद्युत को (पहले से क्रमश एक के बाद दूसरे को) प्राप्त होता है। वहा से कोई अमानव पुरुप इसे ब्रह्म के पास पहुचा देता है। यहां पहुचने पर पुरुप कभी भी इस लोक में वापस नही आता।

षोडश खंड

नित्यकर्म अनुष्ठान—चलती हुई वायु निश्चय यज्ञ ही है। यह चलामान जगत को पवित्र करती है। वाणी-मन इस यज्ञ को करते हैं। उनमें दो मार्गो के सस्कारक क्रमश ब्रह्म (मन द्वारा) तथा अध्वर्यु (वाणी द्वारा) हैं। प्रात अनुवाक की अंतिम ऋचापूर्व ही ब्रह्म के बोलने पर एक ही मार्ग सस्कार होता है। दूसरा नष्ट हो जाता है। यथा लंगडा या एक पहिया रथ नष्ट हो जाते है, वैसे ही यज्ञ तथा यजमान भी नष्ट हो जाते हैं। ऐसे यज्ञ से पाप भी लगता है। यदि इस अनुवाक की

समाप्तिक ब्रह्मा न बोलो, तो ऋत्विज दोनो संस्कारो को प्राप्त करते है । दो पहियोंवालों रथ तथा दो पांववाले व्यक्ति के समान यह यज्ञ स्थिर रहता है, और यजमान भी । इस यज्ञ से वह श्रेष्ठ होता है ।

सप्तदश खंड

लोकों हेतु प्रजापति ने तप किया । इन लोकों में पृथ्वी से अग्नि, अतरिक्ष से वायु तथा स्वर्ग से आदित्य रूप रस ग्रहण किया । इन तीन देवताओ के लिए तप करके इनसे क्रमश. ऋक, यजुष एवं सामरूपी रस प्राप्त किया । फिर इन वेदों के लिए तप किया और इनसे क्रमश भू, भुव और स्व रूपी रस निकला । अब यदि ऋचा में छिद्र हो तो भू, स्वाहा द्वारा गार्हपत्य हवन करे । यज्ञ ऋचा का छिद्र ऋचा के सार एव वीर्य से सुधरेगा । यजुषों में छिद्र होने पर भुव स्व कहकर दक्षिणाग्नि हवन करना चाहिए यह दोष यजुष के सार और वीर्य से सुधरेगा ।

साम में छिद्र होने पर 'स्व स्वाहा से आह्वनीय होम करे । यह साम के सार एवं शक्ति से ही सुधरेगा ।' जैसे सुहागे से स्वर्ण, स्वर्ण से चांदी, चांदी से रांगा, रागे से सीसा, सीसे से लोहा तथा लोहे या चमड़े से काष्ठ जोड़ा जाता है वैसे ही देवताओं तथा नई विद्या के रस से यज्ञ छिद्रव्य सशोधन होता है । इसके ज्ञाता ब्रह्मा से युक्त यज्ञ उत्तर दिशा प्राप्त कराता है । कहा गया है—यज्ञ में जहा-जहां छिद्र होता है, ब्रह्मा उसे सुधार देता है । योग्य ब्रह्मा रूप एक ही ऋत्विक समस्त यज्ञकर्ताओं का नेतृत्व करता है । घोडे द्वारा योद्धा की आज्ञा-पालन के समान ब्रह्मा समस्त ऋत्विको की त्रुटियों को संभाल लेता है । योग्य ज्ञाता को ही ब्रह्मा बनाएं, अयोग्य को कदा नही ।

पंचम अध्याय

प्रथम खंड

पचाग्नि विद्या—प्राण ही ज्येष्ठ और श्रेष्ठ है । इसे जाननेवाला निश्चय ज्येष्ठ एव श्रेष्ठ होता है । जो वशिष्ठ (श्रेष्ठ धनी) को जानता है वह अपने वर्ग का श्रेष्ठ धनी वनता है । वाणी ही वशिष्ठ है । श्रोत्र संपत्ति है । इसका ज्ञाता अपने समुदाय में परम संपत्तिवान होता है । चक्षु ही प्रतिष्ठा है, इसका ज्ञाता लोक-परलोक में प्रतिष्ठित होता है । मन ही आयतन (आश्रय) है । इसे जाननेवाला अपने समुदाय का आश्रय वनता है ।

एक वार सभी इंद्रियां अपने को श्रेष्ठ वताती हुई विवाद करने लगी । तव उन्होंने व्रह्मा से पूछा, 'हममें कौन श्रेष्ठ है ?' व्रह्मा ने कहा, 'जिसके निकल जाने से शरीर सर्वाधिक शव जैसा दीखे वही श्रेष्ठ है ।' वाणी एक वर्ष तक शरीर से वाहर रही । उसने शरीर से कहा मेरे विना तुम कैसे जिए ?' अन्य इद्रियों ने कहा, 'जैसे गूंगा अन्य सभी काम करता है । वैसे ही हम जीवित रहे । फिर एक वर्ष प्रवास के वाद चक्षुओं ने वही प्रश्न किया । इंद्रियां वोली, 'जैसे अधा न देखने पर भी अन्य सभी क्रियाएं करता है । वैसे ही हम जीवित रही ।' तव नेत्र पुन· शरीगत हो गए । उसी प्रकार कान भी एक वर्ष तक वाहर हो गए । आकर उन्होंने भी वही प्रश्न किया और अन्य इद्रियो ने कहा, 'जैसे वहरा न सुनने पर भी वोलता आदि है, वैसे हम जीवित रही ।' कान वापस आ गए । अव मन भी एक साल वाहर रहा और वापस आकर इसी प्रकार पूछने लगा । इंद्रियों ने कहा, 'जैसे शिशु-विना

मन के सारी क्रियाए करता है वैसे ही हम जीवित रही ।' मन पुन शरीर में आ गया । अंत में प्राणों ने बाहर आना चाहा । तभी जैसे शक्तिशाली अश्व पैर से बधे खूटो को उखाड डालता है, वैसे ही प्राण वाणी आदि को उखाडने लगा । तब सभी इद्रियां उसके पास जाकर कहने लगीं, 'आप अपने स्थान पर रहिए, बाहर न जाइए, आप ही श्रेष्ठ हैं । तब वाणी ने प्राण से कहा, 'मै नहीं, वस्तुत. तुम्ही वरिष्ठ हो ।' चक्षु बोला, 'मै भले ही प्रतिष्ठा कहलाता हूं, वस्तुत तुम्ही प्रतिष्ठा हो ।' कान ने कहा, 'मै नही, तुम्ही सपत हो ।' मन बोला, 'आश्रय तुम्ही हो, मै नाममात्र का हूं ।' इसीलिए इद्रिया वाणी, चक्षु आदि न कहलाकर एक साथ प्राण कही जाती है । वस्तुतः प्राण ही सर्वस्व है ।

द्वितीय खंड

प्राणों का अन्न—मुख्य प्राण बोला, 'मेरा अन्न क्या है ?' इद्रियां बोलीं, 'कुत्ते पक्षियो आदि समस्त प्राणियों का अन्न सब तुम्हारा ही है ।' अतः प्राण अन्न भी कहलाता है । इसे जाननेवाला कभी भी अखाद्य नही बनता । प्राण बोला मेरा वस्त्र क्या है ?' वाणी आदि बोले जल, क्योकि भोजन से पूर्व और पश्चात आचमन रूप वस्त्र पहनाते है ।' इसे जाननेवाला वस्त्रहीन नही होता । इस उपासना को व्याघ्रपाद ने पुत्र गोश्रुति से कहा, 'यदि सूखे ठूंठ से भी इस उपासना को कहेगा तो वह हरा हो जाएगा ।' अभिलाषी अमावस्या को दीक्षा लेकर पूर्णिमा की रात्रि मे सभी औषधियों दही एव मधु का मथ बनाकर अवशेष घृत मथ में डालते हुए 'ज्येष्ठाय श्रेष्ठय स्वाहा' मत्र से आहुति दे । फिर 'वरिष्ठाय स्वाह' मत्र से आहुति दो, घी को मथ मे टपकाए । 'प्रतिष्ठायै स्वाहा' 'संपदे स्वाहा' तथा 'आयतनाय स्वाहा' से आहुतिया देकर घी मथ मे टपकाएं । फिर अग्नि के पास अंजलि बाधकर यह मत्र पढें 'तू ही प्राण है, ज्येष्ठ है, श्रेष्ठ है, प्रकाशमान और पालक है । मुझे ज्येष्ठत्व, प्रकाशता तथा पालनकत्व दो । मै सब कुछ बनूं, 'फिर मत्र का प्रत्येक पद कहकर मथ का ग्रास खाए 'तत्सवितुवृणीमहे' 'वयं देवस्य भोजनम' 'श्रेष्ठं सर्वथातम्', 'तुर भागस्य धीमहि' अति मत्र मे कटोरा चम्मच धोकर के पी जाए । अब अग्नि के पश्चिम में मृगछाला अथवा भूमि पर वाणी सयम से सोए । स्वप्न मे स्त्री दर्शन हो तो, कार्य सफल समझे । ऐसा भी कथन है कि चाहे हुए कार्य मे स्वप्न में स्त्री दर्शन सफलता सूचक है ।

तृतीय खंड

अग्नि विद्या—प्रजाहरण ने उससे कहा, 'तुमने अपने पिता से शिक्षा पाई है ।' श्वेतकेतु के हां कहने पर प्रजाहरण पुन कहने लगे, 'बताओ मानव इस लोक से जाने पर कहां जाते है ?' श्वेतकेतु ने अनभिज्ञता प्रकट की । इसी प्रकार प्रवाहण ने मनुष्य किस प्रकार लौटकर आते हैं ? देवयान-पितृयान के पृथक् होने का स्थान कहां पर है ? पितृलोक कैसे नही मरता ? पाचवी आहुति में जल पुरुष नामवाला कैसे बनता है ? यह चार प्रश्न किए । श्वेतकेतु ने सभी में अनभिज्ञता व्यक्त की । प्रवाहण ने कहा, 'जो इन प्रश्नों का उत्तर न दे सके वह कैसा शिक्षित है ।' श्वेतकेतु पिता के समीप आया और बोला, 'आप कहते हैं कि आपने मुझे उपदेश दिया, यह झूठ है । मै प्रवाहण के पाच में से एक प्रश्न का भी उत्तर न दे सका' पिता ने स्पष्ट किया कि 'जैसे इनके उत्तर तुम्हारी तरह तो मैं भी नही जानता तब बताता कैसे ? एक प्रश्न को भी जानता, तो अवश्य बताता' ।

तब पिता आरुणि स्वय प्रवाहण के दरबार में गए, राजा ने उसकी सम्मान सहित पूजा की। दूसरे दिन पुन दरबार मे राजा ने कहा 'भगवन आप भौतिक संपत्ति का वर मांगिए।' आरुणि ने इसे अस्वीकार कर दिया और पूर्वोक्त प्रश्नों के उत्तर जानने चाहे। दु:खी होते हुए भी राजा ने ब्राह्मण को निराश करना उचित न समझा तथा दीर्घ अवधि तक वही रुकने को कहा। समय आने पर राजा ने बताना प्रारभ किया—तुमने जिस विद्या के विषय में पूछा है यह ब्राह्मणों के पास है ही नही। सर्वत्र क्षत्रिय ही इसके उपदेशक रहे है।' राजा ने उपदेश प्रारंभ किया—

चतुर्थ खंड

हे गौतम, स्वर्ग ही अग्नि, आदित्य समिधा, किरणे धुआ, दिवस ज्वाला, चद्र अगार तथा नक्षत्र चिनगारिया है। देवों द्वारा इस यज्ञ मे श्रद्धा का हवन होने पर राजा सोम पैदा होता है।

पंचम खंड

प्रसिद्ध पर्जन्य अग्नि है। वायु, बादल, विद्युत, वज्र और गर्जन क्रमश समिधा, धुआ, ज्वाला, अगार और चिनगारिया है। देवो द्वारा सोम हवन करने पर वृष्टि होती है।

षष्ठम खंड

पृथ्वी अग्नि, सवत्सर समिधा, आकाश धुआ, रात्रि ज्वाला, दिशाए, अगार तथा दिशा कोण चिनगारिया है। देवों द्वारा इसमें वृष्टिका हवन होने पर अन्न पैदा होता है।

सप्तम खंड

पुरुष अग्नि, वाणी समिधा, प्राण धुआं, जिह्वा ज्वाला, नेत्र अगार तथा क्षेत्र चिनगारिया है। देवो द्वारा इसमें अन्न हवन किए जाने पर वीर्य पैदा होता है।

अष्टम खंड

स्त्री अग्नि है, उपस्थ समिधा, उपमंत्रणा धूम, योनि आग, प्रवेश अगार और आनद चिनगारिया हैं। अग्नि (गर्भ) में देवो द्वारा शुक्र हवन से गर्भ उत्पन्न होता है।

नवम खंड

पाचवी आहुति में जल पुरुष होता है। दस अथवा नौ मास तक मातृ उदर में जरायु मे लिपटा सोता है। जन्मने पर प्राप्त आयु तक जीकर पुन मृत्यु पर परलोक जाते हुए अग्नि के पास पहुचाया जाता है, जो इसका उत्पत्ति अथवा कारण-स्थल है।

दशम खंड

पचाग्नि के इस प्रकार की तथा वनवासी होकर तप की उपासना करनेवाले अग्नि को प्राप्त होते हैं। (अग्नि से) यहां से अमानव पुरुष ब्रह्मलोक ले जाता है, वर्णन चतुर्थ अध्याय पचदश खड के इसी वर्णन जैसा है। यह देवयान मार्ग है। गृहस्थ जीवन में इष्ट, पूर्व एव दत्त अनुष्ठान करनेवाले धूम को प्राप्त होते है। फिर उत्तरोत्तर क्रमश रात्रि, कृष्णपक्ष, दक्षिणायन, तृलोक, आकाश और चद्रमा को (एक से दूसरे को) प्राप्त होते हैं। अतरिक्ष में दिखनेवाला सोमरूप राजा देवों का भक्ष्य अन्न है।

कर्मफल् की समाप्ति तक यहा रहकर इसी मार्ग से लौटते हैं। वादल से मेघ तथा मेघ से वर्षा होती है। तब वे प्राणी वर्षा के साथ लौटकर चावल आदि अन्न बनते हैं। यह अत्यंत कष्टकर योनि है। अन्न खाकर बने वीर्य से सतान उत्पन्न होती है। वैसा ही जीव बनता है शुभकर्मा ब्राह्मण आदि तीन वर्णों में तथा अशुभ कर्मवाले कुत्ता, सुअर आदि निम्न योनियों मे जन्म लेते है। इन दोनों में किसी में न जानेवाला 'जन्म लेते रहो, मरते रहो—' ऐसी गति को प्राप्त होता है। अतः परलोक जीवो से नही भरता। ससार की गति बडी घृणास्पद है। चोर, शराबी, गुरुपत्नीगामी, ब्रह्मघातक और पाचवा इनके साथ रहनेवाला भी पतित है। इस पंचाग्नि विद्या का ज्ञाता पापी सगति मे मुक्त होकर शुद्ध एव पवित्र लोक को जाता है।

एकादश खंड

अधोगति से मुक्ति का उपाय—प्राचीनशाल, सत्ययज्ञ, इद्रद्युम्न, जन और बुडिल चारों गृहस्थ महाश्रोत्रियों ने विचार किया, आत्मा और ब्रह्म क्या है ? किसी निष्कर्ष पर न पहुंचने पर ये विद्वान आत्मारूप वैश्वानर के ज्ञाता उद्दालक के पास पहुचे। उद्दालक ने सोचा कि वह इन महान लोगों को यह विषय ठीक से नही बता सकेगा। अतः वह इस विषय के परम ज्ञाता राजा अश्वपति के पास उनके साथ गया। राजा ने प्रत्येक का सत्कार किया। दूसरी प्रात उनसे कहने लगा—मेरे राज्य में कोई कदर्य, मद्यप (शराबी) अग्निहोत्रहीन, विद्यारहित अथवा व्यभिचारी नही है। मै यज्ञ करता हू। प्रत्येक ऋत्विज को जितना धन देता हू, आपको भी दूंगा। यही रुक जाइए। अतिथियो ने कहा, 'हमारा यह उद्देश्य नही है। हमें आप आत्मारूपी वैश्वानर का उपदेश दीजिए।' इसके लिए राजा ने उन्हे दूसरी प्रात बुलाया, समय पर वे शिष्य बनकर राजा के पास गए। उन्हे उपनयन किए बिना राजा ने कहना प्रारभ किया।

द्वादश खंड

'हे प्राचीनशाल, तुम्हारा उपास्य कौन है ?' 'वैश्वानर' प्राचीनशाल ने कहा। राजा बोला, तुम्हारा उपास्य श्रेष्ठ तेजस्वी वैश्वानर आत्मा है। तुममें सुत, प्रासुत, असुत, भक्षण क्रिया, इष्टदर्शन इसी का अश है। इस प्रकार जो इसे समझता है, उसका कुल ब्रह्मतेजोमय होता है। इस वैश्वानर का केवल मस्तक ही है। यदि तुम यहां न आए होते तो तुम्हारा मस्तक गिर जाता।

त्रयोदश खंड

राजा ने सत्ययज्ञ से कहा—तुम किस आत्मा के उपासक हो ? सत्ययज्ञ ने कहा, 'आदित्य की' राजा ने कहा—यह विश्वरूप वैश्वानर ही है। तुम्हारे शरीर में अथवा तुम्हारी समस्त सपत्तिया इसी के कारण है। ऐसा कुल ब्रह्मतेजयुक्त होता है, किंतु इसके केवल चक्षु ही है। यदि तुम मेरे यहा न आते, तो अंधे हो जाते।

चतुर्दश खंड

इंद्रद्युम्न से भी पूर्वोक्त प्रश्न किया। इंद्रद्युम्न ने अपना उपास्य वायु को बताया। राजा ने कहा—तुम्हारा उपास्य आत्म वैश्वानर ही है। इससे तुम मिलते रहते हो। तुम्हारी सारी क्रियाएं एव

सपत्ति इसी के कारण है। इसका उपासक ब्रह्मतेजोमय रहता है। यह आत्मा केवल प्राण ही है। यदि तुम यहां न आते, तो तुम्हारी देह से प्राण निकल जाते।

पंचदश खंड

राजा ने जन से भी वही प्रश्न किया, उत्तर मिला—'आकाश'। राजा ने फिर उसे वैश्वानर आत्मा बताया तथा इसका महत्त्व भी पूर्वोक्त बताते हुए कहा यह वैश्वानर केवल उदरवाला ही है। यदि तुम मेरे पास न पहुंचते, तो तुम्हारा उदर फट जाता।

षोडश खंड

बुडिस से भी यही प्रश्न पूछने पर उसने अपना उपास्य जल को बताया। इसे भी राजा ने पूर्वोक्त नाम एव गुणोवाला बताया, साथ ही कहा कि इस आत्मा का केवल मूत्राशय ही है। यदि तुम यहा न आते तो तुम्हारा मूत्राशय फट जाता।

सप्तदश खंड

उद्दालक से भी प्रश्न किए जाने पर उत्तर मिला— 'पृथ्वी'। राजा ने इसे भी पगरूप वैश्वानर बताते हुए इसी प्रकार उसकी महत्ता पूर्वोक्त रूप मे बताई। यह आत्मा का पग मत्र है। यदि तुम यहा न आते, तो तुम्हारे पग शिथिल पड़ जाते।

अष्टादश खंड

तुम सब वैश्वानर आत्मा को पृथक् मानकर भोजन करते हो। यदि 'यह मै ही हू—' इस सर्वात्म भाव से उपासना हो, तो वह सब लोकों, भूतो तथा आत्माओं मे भोजन करता है। इस वैश्वानर का मस्तक, नेत्र, प्राण, उदर, मूत्राशय और दोनों चरण क्रमश. स्वर्ग, सूर्य, वायु, आकाश, जल तथा पृथ्वी है। इसी भावना से उपासना करे। इसका वक्ष, लोभ, हृदय, मन एवं मुख क्रमश वेदी, दर्भ, गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि तथा आह्वनीय अग्नि हैं।

एकोनविंश खंड

पके अन्न की पहले 'प्राणाय स्वाहा' कहकर आहुति दें। यह प्राणों को तृप्त करेगा तब नेत्र, आदित्य, स्वर्ग, द्यौ और स्वर्ग का आश्रय क्रमशः अपने बादवाले को तृप्त करेंगे। इनकी तृप्ति पर वह प्रजा, पशु, भोजन एव ब्रह्मतेज से तृप्त होगा।

विंश खंड

दूसरी आहुति 'व्यानाय स्वाहा' कहकर देने से व्यान तृप्त होता है। फिर व्यान, श्रोत्र, चद्र दिशा तथा वह स्वयं इस क्रम में पहलेवाला, बादवाले को तृप्त करेंगे। 'स्वयं' पर चद्रमा आश्रित है। म्वय (ब्रह्म) तृप्ति मे उपासक नाना सपत्ति, धनधान्य तथा ब्रह्मतेज मे युक्त होता है।

एकविंश खंड

तृतीय आहुति 'अपानाय स्वाहा' मत्र से देने पर अपान तृप्त होता है। अपान से वाणी, वाणी से अग्नि, अग्नि से पृथ्वी तथा पृथ्वी से अग्नि एव पृथ्वी का आश्रय तृप्त होता है। इसके पश्चात् वह ...युक्त होता है (पूर्ववत्)।

द्वाविंश खंड

चौथी आहुति 'समानाय स्वाहा' मंत्र से देने पर 'समान' तृप्त होता है। फिर इससे मन, मन से पर्जन्य, पर्जन्य से विद्युत तथा विद्युत से पर्जन्य एवं विद्युत का आश्रय तृप्त होता है। इसकी तृप्ति होने पर भोक्ता नाना भोगों, सपत्तियों तथा ब्रह्मतेज से तृप्त होता है।

त्रयोविंश खंड

पंचम आहुति 'उदानाय स्वाहा' कहकर देने से उदान तृप्त होता है। फिर त्वचा, वायु, आकाश तथा उनका आश्रय पूर्वोक्त क्रम से तृप्त होते हैं। फिर पूर्ववत् भोक्ता तृप्त होता है।

चतुर्विंश खंड

इस वैश्वानर को जाने बिना दी गई आहुति राख मे दी गई आहुति के समान है। इसे भली-भांति जानकर किया गया अग्निहोत्र सब प्राणियों एवं आत्माओं में हो जाता है। जैसे तिनका आग में जल जाता है, उसके पाप भी जल जाते हैं। इसका ज्ञाता भोजन की जूठन चाडाल को दे तो यह भी वैश्वानर हवन के समान है। कहा गया है, 'जैसे भूखा बालक मां की अपेक्षा करता है, वैसे ही प्राणी इस प्रकार के अग्निहोत्र उपासना की अपेक्षा करते हैं।'

षष्ठ अध्याय

प्रथम खंड

उद्दालक ने अपने पुत्र से कहा—श्वेतकेतु, ब्रह्मचर्याश्रम में जाओ। हमारे कुल का कोई भी अध्ययनरहित ब्रह्मबंधु सदृश नही रहता। बारह वर्ष का श्वेतकेतु अगले बारह वर्ष तक आचार्य से अध्ययन करके अपने को अध्ययनशील समझने का गर्व करता हुआ घर आया। पिता ने उससे कहा—श्वेतकेतु तू विद्या का अभिमानी तथा अविनीति दिखाई पड़ता है। क्या तूने आचार्य से वह उपदेश नही पाया, जिससे अश्रुत श्रुत हो जाता है, तर्क किए समान और अविज्ञात ज्ञात हो जाता है। श्वेतकेतु ने कहा, 'भगवन यह कैसा उपदेश है?' उद्दालक ने कहा एक मिट्टी के पिड से मिट्टी के सभी बर्तनों का ज्ञान हो जाता है, एक स्वर्ण पिंड द्वारा इसके अन्य पदार्थों का, एक नाखून काटने के यंत्र से सभी लौह पदार्थों का ज्ञान हो जाता है। नाम केवल वाणी के विषय हैं। सत्य तो मिट्टी, सोना या लोहा ही है। पुत्र ने कहा, 'मेरे गुरु भी इस विषय को निश्चय ही नही जानते होंगे, अन्यथा वे मुझे अवश्य बताते। कृपया मुझे इसका उपदेश दें।

द्वितीय खंड

उद्दालक बोले, 'सौम्य! पहले केवल अद्वितीय सत था। कुछों के मत में अद्वितीय असत् ही था और उस जगत से सत जन्मा किंतु असत से सतोत्पत्ति कैसे हो सकती है? अत. पुत्र पहले

अद्वितीय सत ही था। इसने अनेक रूपों में उत्पन्न होना चाहा। उसने तेज रचा, तेज ने इसी सकल्प से जल रचा, इसलिए संताप होने पर पसीना आता है। जल के संकल्प से पृथ्वी रूप अन्नराशि पैदा हुई। जहां जल बरसता है, वहां बहुत अन्न पैदा होता है।

तृतीय खंड

प्राणियों के तीन ही बीज होते हैं—अंडज, स्वेदज एवं उद्भज। सत रूप देव अपने संकल्प से इनमें प्रविष्ट हुआ। उसने इनमें नाम एवं रूप को स्पष्ट करते हुए प्रत्येक को तीन प्रकार का बनाया। सौम्य इस त्रिवृत्त को तुम्हें बताता हूं।

चतुर्थ खंड

त्रिवृत्त अग्नि का लाल रूप तेज, श्वेत जल तथा काला पृथ्वी है। इसी से अग्नि में इसका गुण आया, अग्नि केवल शब्द है, तीन रूप ही सत्य है। चंद्रमा एवं विद्युत में भी तीनों वर्ण सूर्य के समान तेज आदि हैं। इन्ही से चंद्रमा में चंद्रत्व तथा विद्युत में विद्युत्व आया, अन्यथा ये शब्द वाणी के विकार ही हैं। तीन रूप ही सत्य हैं। प्राचीन काल के इस तत्त्व के ज्ञाताओं का कथन है कि हमारे कुल में कोई भी किसी विषय का अश्रुत अथवा बिना तर्क न था। कर्म द्रष्टांतों से वे सब रहस्य जान लेते थे। वे लाल, श्वेत तथा श्याम रंग की प्रतीति से कि क्रमश· तेज, जल एवं पृथ्वी रूप को जान लेते थे। अविज्ञात प्रतीति को वे तीनो का समुदाय समझ लेते थे। तीनों देवों के पुरुष रूप प्राप्ति पर त्रिवृत्त होने को मैं तुम्हें बताता हूं।

पचम खड

खाया हुआ अन्न तीन प्रकार से बंटता है। स्थूल अंश विष्टा, मध्यम अंश मांस एवं सूक्ष्म अश मन बनता है। पिए हुए जल के स्थूल अंश से मूत्र, मध्यम से रक्त तथा सूक्ष्म से प्राण बनते हैं। तेज (घी, तेल) के स्थूल अंश से हड्डी, मध्यम से मज्जा तथा सूक्ष्म से वाणी बनती है। अन्न, जल और तेज का कारण क्रमशः मन प्राण और वाणी हैं। इसे पुन समझाने की प्रार्थना की। उद्दालक ने पुन बताया कि—

षष्ठम खंड

सौम्य मंथन से दही का सूक्ष्म अश घी (नवनीत) ऊपर आ जाता है। इसी प्रकार खाए अन्न का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर मन बनता है। जल का सूक्ष्म भाग प्राण तथा घृत, तैलादि का वाणी है। श्वेतकेतु ने उनसे पुन समझाने की प्रार्थना की। उद्दालक पुन समझाने लगे।

सप्तम खंड

सौम्य ! पुरुष मन सोलह कला युक्त है। तू पंद्रह दिन भोजन न कर इच्छानुसार जल पी, प्राण जल से ही है। श्वेतकेतु ने ऐसा ही किया। सोलहवें दिन पिता के पास आकर बोला, पिता ने ऋक यजुष, साम एवं श्रुति गाने को कहा। श्वेतकेतु ने कहा, मैं इन्हें मन से भूल चुका हू। पिता ने कहा, 'जैसे अग्नि की छोटी-सी चिनगारी किसी भी वस्तु को नहीं जला सकती वैसे ही तेरी सोलह कलाओं में एक ही कला शेष रह गई है। तू वेदों को भूल गया है। पहले भोजन कर फिर मेरे पास

आ। भोजनोपरात पिता के पास आने पर उससे जो भी पूछा उसे याद आ गया। 'पिता ने कहा, 'जैसे चिनगारी को तिनके पर सुलगाए जाने पर वह पूर्ववत् जलाने योग्य हो जाती है, तेरी एक ही कला अन्न द्वारा प्रज्वलित हो गई। तुझे वेद याद आ गए। स्पष्ट है—मन अन्न का कार्य है, प्राण जल का तथा वाणी तेज का। पिता का आशय पुत्र समझने लगा।

अष्टम खंड

उद्दालक पुन. बोले, 'मैं स्वप्नांत मर्म बताता हूं—पुरुष सो जाने पर जीव भाव त्यागकर ब्रह्म भाव हो जाता है, और अपने स्वरूप को पा जाता है। डोरी से बंधा बाज कही आश्रय न पाकर वापस बधन पर आ जाता है, उसी प्रकार अनेक जगह घूमकर मन अपने बंधन प्राण के पास आ जाता है। भूख लगने पर खाए अन्न को जल ही ले जाता है, यथा गाय, घोड़ा, पुरुष आदि को ले जानेवाला क्रमश गोनाय, अश्वनाय पुरुषनाय आदि कहते हैं, वैसे ही भोजन (अशन) ले जानेवाले को अशनाय कहते है। शरीर रूप कार्य जल से उत्पन्न है। ऐसा समझो। इसी प्रकार अन्न रूप कार्य का मूल तेज को तथा तेज का सत को। प्राणी सत रूप मूलक है। यही आश्रय और प्रतिष्ठा है। पिए हुए जल को तेज ही ले जाता है। इसीलिए तेज जल ले जानेवाला कहलाता है। अत. शरीर को जल रूप जानो। जलोत्पन्न शरीर का मूल तेज मे, तेज का सत में होता है। अन्न जल एवं तेज...तीन देव शरीर में विविध हो जाते है । मृत व्यक्ति की वाणी मन में, मन प्राण में, प्राण तेज में तथा तेज दैवत में लय हो जाता है। अणु रूप ही सब है। तू भी है और आत्मा भी। श्वेतकेतु ने पुन स्पष्ट जानना चाहा। पिता कहने लगे—

नवम खंड

जैसे मुधमक्खिया अनेक वृक्षों का रस एकत्र कर देती है और इकट्ठा रस यह नही कहता कि मै अमुक-अमुक वृक्ष का हूं, उसी प्रकार सत् को प्राप्त प्राणी यह नही जानते कि वे सत् को प्राप्त हो गए हैं, इस विश्व में व्याघ्र आदि पुन-पुन प्राप्त होते हैं। वह अणु रूपवाला आत्मा जगत सत्य है। श्वेतकेतु तुम भी वही हो। श्वेतकेतु ने फिर समझाने के लिए कहा। पिता समझाने लगे—

दशम खंड

नदिया पूर्व-पश्चिम की ओर अपनी-अपनी दिशा में बहती हैं। समुद्र से आकर पुन उसमें मिल जाती है और फिर यह नही जानती कि मैं अमुक नदी हूं। उसी प्रकार सत् से उत्पन्न प्रजा भी यह नही जानती है कि वह सत् से ही आई है। इस विश्व में व्याघ्र आदि ...(शेष इससे पूर्व के समान)

एकादश खंड

यदि इस बडे वृक्ष की जड़ में या ऊपरी भाग में चोट मारें, तो यह सूखता नही; जीवित रहकर रस टपकता रहता है। जीवरूप आत्मा से जल पीता हुआ आनद से स्थिर रहता है। यदि इसकी शाखाओं का या समस्त वृक्ष का रस या जीव निकल जाता है तो वे सूख जाते हैं। जीवरहित होकर

मर जाते हैं; जीव नही मरता। सूक्ष्म रूपवाला यह जगत सत्य है वैसे ही तू भी सत्य है। पुत्र ने पुन. समझाने को कहा, पिता पुन समझाने लगे—

द्वादश खंड

पिता ने श्वेतकेतु को वटवृक्ष का फल लाने को कहा। ले आने पर उसे तुडवाया फिर पूछा 'इसमें क्या है ?' पुत्र को अनेक बीज दिखे। एक बीज तोड़ने को कहा पुन पूछा कि 'इसमें क्या है ?' पुत्र ने कहा 'इसमें कुछ नही दिखता।' पिता फिर वोले, 'इस वीज के जिस सूक्ष्म भाग को तू नही देख सकता, उसी में विशाल वटवृक्ष छिपा है। अत. सूक्ष्म जगत सत्य है; वैसे ही तू भी सत्य है। (शेष पूर्ववत्)।

त्रयोदश खंड

उद्दालक ने कहा, 'इस लवण खंड को जल में डालकर कल मेरे पास लाना।' ऐसा ही करके दूसरी प्रात श्वेतकेतु पिता के पास गया। पिता ने नमक के टुकड़े को ढूंढ़ने को कहा किंतु व न मिला। पिता वोले, 'तुम इस नमक को देख नही सकते। इसका आचमन करो।' ऐसा करने पर उसने इसका स्वाद नमकीन बताया। तीन बार ऊपरी, मध्य तथा निम्न भाग से आचमन करने पर भी स्वाद नमकीन ही था। जल को फिंकवाकर पिता ने कहा यद्यपि जल में नमक के समान सर्वव्यापक सत् को तुम नही देख पाते, किंतु वह है। यह सूक्ष्म जगत इसी प्रकार के सूक्ष्मभाव युक्त आत्मामय है और सत्य है (शेष पूर्ववत्)।

चतुर्दश खंड

आंखों पर पट्टी वंधा कोई व्यक्ति यदि गांधार से लाकर किसी वन में छोड़ दें, तो वह विभिन्न दिशाओं को मुंह करके चिल्लाता रहेगा कि उसे कहा से लाया गया है। उसके वंधन खोलकर यदि उसे कोई वता दे कि गांधार इस दिशा में है, चले जाओ। तव वह वुद्धिमान और उपदेश प्राप्त व्यक्ति गाधार पहुंच जाता है। इसी प्रकार आचार्य से उपदेश पाया सत् जाननेवाला व्यक्ति व्रह्म तक पहुंचने में केवल देह वंधन से मुक्त पाया होने की देरी समझता है। देहांत पर वह अवश्य मोक्ष पाता है। यह जगत सूक्ष्म भाव सत्य है। (शेष पूर्ववत्)।

पंचदश खंड

ज्वरादि पीड़ित मृतप्राय व्यक्ति को घेरकर वंधुजन पूछते हैं, 'तुम मुझे पहचान रहे हो, तो जव तक वाणी मन में, मन प्राण में, प्राण तेज में और तेज परदेवता में लीन नही होते, तव तक वह पहचानता है। इनके लीन हो जाने पर वह नहीं पहचानता। यह सूक्ष्म भाववाला जगत मत्य है (शेष पूर्ववत्)।

षोड्श खंड

'वांधकर लाया हुआ अपराधी झूठ वोलता है—तव उसे तप्त कुल्हाड़ा थमाया जाता है, तो वह झूठा होने के कारण जल जाता है और मारा जाता है। यदि सच्चा होने के कारण नही जलता, तो छोड दिया जाता है। यहां इसके न जलने के समान ही सत् को पा जाने वाला पुनर्जन्म से मुक्त हो जाता

है। अत इस ऐसे रूपवाले सत्य जगत को जानो, वही सत्य है, वही आत्मा है आ श्वेतकेतु तू वही है।' इस पर श्वेतकेतु को ज्ञान हो गया कि 'मै वही सब हूं।'

सप्तम अध्याय

प्रथम खंड

एक समय नारद ने सनत्कुमार से कहा, 'भगवन मुझे उपदेश दीजिए।' सनत्कुमार द्वारा उनसे यह पूछे जाने पर कि 'तुम क्या-क्या जानते हो'? नारद ने कहा, 'ऋक आदि वेदो, इतिहास, पुराण आदि विद्याओं के विषय मे जानता हूं, किंतु आत्मा के विषय मे नहीं जानता हू। आप जैसे महाज्ञानियों के बारे मे सुना है कि आत्मज्ञ परिताप से मुक्ति पा जाता है, मै इसके अभाव मे दु खी हू। मुझे इससे मुक्त कीजिए।' सनत्कुमार बोले, तुम वेदादि जो कुछ जानते हो, यह सब नाम है। तुम नाम की ही उपासना करो। ब्रह्म रूप में नाम की उपासना करनेवाले की इच्छानुसार, जहा तक नाम वहा तक गति होती है।' नारद ने पुन. नाम से अधिक विषय के बारे मे बतलाने का आग्रह किया।

द्वितीय खंड

वाणी नाम से अधिक है, क्योकि यही वेद, इतिहास आदि लौकिक एव पारलौकिक विषयो को प्रकट करती है। तुम वाणी की उपासना करो। वाणी न होती, तो उचितानुचित, धर्माधर्म आदि का ज्ञान न होता। वाणी रूपी ब्रह्म ऐसा ही है। वाणी के उपासक की जहां तक वाणी के विषय व्याप्त है, इच्छानुसार गति होती है। नारद ने पूछा कि क्या वाणी से भी कुछ महान् है? तब सनत्कुमार बोले कि हा, वाणी से भी गुरुतर होता है। नारद ने इसे ही बताने का आग्रह किया। सनत्कुमार ने बताया—

तृतीय खंड

मन वाणी से महान् है। जैसे मुट्ठी में दो-दो आंवले, बेर एवं बहेडे रख लेने से उनका अनुभव होता है, वैसे ही मन भी वाणी और नाम का अनुभव करता है। मन के द्वारा ही 'मत्राध्ययन करू' 'कर्म करूं' इत्यादि विचार करने पर ही अन्य इंद्रियां इसमे प्रवृत्त होती है। अत· मन ही ब्रह्म है, तुम भी इसकी उपासना करो। मन रूप ब्रह्म की उपासना करने पर जहां तक मन है, वहां तक गति होती है। पूर्ववत् क्या मन से भी अधिक कुछ है? नारद द्वारा पूछे जाने पर सनत्कुमार ने इसका उत्तर हा में दिया। नारद ने इसे भी बतलाने का अनुरोध किया।

चतुर्थ खंड

संकल्प मन से वढकर है। संकल्प के वाद ही मन वाणी को, वाणी नाम को प्रेरित करती है। नाम मे मत्र एक रूप होते हैं तथा मंत्रों में कर्मों का समावेश होता है। स्वर्ग, पृथ्वी, वायु एवं जल तेज सकल्पवाले है। इनके सकल्प से प्राण, वृष्टि के संकल्प से अन्न एवं अन्न, प्राण, मत्र, कर्म, फल एवं जगत के सकल्प से क्रमश प्राण, मंत्र, कर्म, फल एवं जगत समर्थ होता है। अत संकल्प श्रेष्ठ है।

तुम सकल्प की ही प्रार्थना करो। सकल्प की ब्रह्म के रूप में उपासना करने पर ध्रुवलोक एवं व्यथा रहित लोक की प्राप्ति होती है। इसके पश्चात् संकल्प से बढकर वस्तु के विषय में वताया।

पंचम खंड

चित्त संकल्प से बढकर है। चैतन्य ही संकल्प एवं वाणी नाम की प्रेरणा करता है। नाम मत्र में एवं मत्र कर्मो मे एकाकार हो जाते हैं। यह सभी चित्त से उत्पन्न इसी में स्थित तथा इसी मे लय होनेवाले है। अचित्त विद्वान अनादरणीय तथा चित्त अल्पज्ञ भी आदरणीय होता है। चित्त संकल्प का उत्पत्ति स्थान है। तुम भी उसकी उपासना करो। इसकी ब्रह्म रूप में उपासना करनेवाला वुद्धि एव भोग युक्त तथा व्यथारहित लोको को प्राप्त करता है।' नारद द्वारा चित्त से वढकर विपय के बारे मे आग्रह पर सनत्कुमार ने बताया—

षष्ठम् खंड

ध्यान चित्त से श्रेष्ठ है। पृथ्वी, अतरिक्ष, स्वर्ग, जल और पर्वत ध्यान करते हुए से जान पडते है। इसी प्रकार देवताओ के समान मनुष्य भी। ध्यान की शक्ति से ही लोक मे महत्त्व प्राप्त होता है। कलह, द्वेषकर्ता, दोषी, क्षुद्र हैं। ध्यानबल ही प्रभुता देता है। ध्यान की उपासना करो। ध्यान रूपी ब्रह्म का उपासक, ध्यान के अनुमार इच्छारूप गति को प्राप्त करता है। आगे ध्यान से वढ़कर विपय को बताया।

सप्तम खंड

विज्ञान ध्यान से उच्च है। वेदादि समस्त विद्याए योनिया, उचितानुचित भोज्य पदार्थ, इहलोक तथा परलोक सब विज्ञान से ही प्राप्त होते है। विज्ञान की उपासना करो। विज्ञान की ब्रह्म के रूप मे उपासना करनेवाला प्रसिद्ध ज्ञान-विज्ञानमय लोकों को प्राप्त करता है और इच्छानुसार गति पाता है।

अष्टम खंड

वल विज्ञान से बढ़कर है। एक बली सौ विज्ञानियो को कपा देता है। बली होने पर उठनेवाला, सेवा करनेवाला, समीप जानेवाला, दर्शन करनेवाला, श्रवण करनेवाला, मनन करनेवाला तथा अनुभव करनेवाला (क्रमश एक अवस्था से दूसरी अवस्था) होता है। वल से पृथ्वी, अतरिक्ष, स्वर्ग, पर्वत, देवता, मनुष्य, पशु, पक्षी, वनस्पतिया स्थिर रहते हैं। वल की उपासना करो। इसकी ब्रह्म के रूप में उपासना करनेवाला वल के विषय और लोक के अनुसार गतिवान होता है। इसके वाद नारद के आग्रह पर सनत्कुमार वल से वढ़कर विषय का उपदेश देने लगे—

नवम खंड

अन्न वल से वडा है। दस दिन तक भोजन न करने पर व्यक्ति जीवित रहने पर भी देखने, सुनने, मनन करने आदि में असमर्थ हो जाता है। फिर भोजन करने पर देखने, सुनने आदि अनुभव करने लगता है। अन्न की उपासना करो। इसकी ब्रह्म रूप में उपासना करनेवाला अन्न-जलवाले लोक को पाकर, उसके विषयों में इच्छा के अनुसार प्रवृत्त होता है।

दशम खंड

जल अन्न से उच्चतर है। अत· अच्छी अथवा बुरी वृष्टि पर प्राण इसके अनुकूल ही अन्न होने के अनुमान से हर्षित अथवा दु.खी होता है। यही मूर्त पृथ्वी, अंतरिक्ष, द्यौ, पर्वत, देव मनुष्य (पूर्व खड समान) आदि है। अत यही उपास्य है। इसकी ब्रह्म रूप में उपासना करने से समस्त मूर्त विषय तथा तृप्तियां प्राप्त होती है और जल के विषयानुसार गति मिलती है।

एकादश खंड

तेज जल से श्रेष्ठ (बढ़कर) है। यह वायु को आकाश के चारों ओर तपाता है, तब लोग कहते हैं, जगत तप रहा है अथवा बारिश होगी। यही जल रचता है, बिजली के साथ ऊंचा-तिरछा होकर गरजता है। पहले यह स्वय प्रकट होता है, बाद मे ये कार्य होते है। अत. यही उपास्य है। ब्रह्म भाव से इसकी उपासना करने पर व्यक्ति तेजोमय, प्रकाशमान एव तमहीन लोको को प्राप्त करता है तथा तेज के विषय पर्यत इच्छानुसार गति प्राप्त करता है।

द्वादश खंड

आकाश तेज से प्रशस्यतर है। सूर्य, चद्र, विद्युत, नक्षत्र, अग्नि ये समस्त आकाश मे ही स्थित हैं। इसी द्वारा बोलते, सुनते आदि है। इसी मे खेलते है, जन्मते और बढते हैं। अत यही उपासना करने योग्य है। इसकी ब्रह्म भाव से उपासना करने पर प्रसिद्ध, विस्तृत मार्गवाले लोको को तथा इसके विषय के अनुसार गति को प्राप्त करता है।

त्रयोदश खंड

स्मर (स्मरण) आकाश से प्रशस्यतर है। स्मर न करने पर सुनना, मनन करना अथवा जानना नही हो सकता। ऐसा करने पर ही यह सब हो सकता है। इसी से पुरुष पुत्रों को तथा पशुओ को जानते है। अत इसकी उपासना करो। ब्रह्म भाव से इसकी उपासना करने पर इसके विषय के अनुसार ही उपासक की गति हो जाती है।

चतुर्दश खंड

आशा स्मरण से बड़ी है। आशावान स्मर से मत्राध्ययन करता है, पुत्रो, पशुओं और लोक-परलोक की इच्छा करता है। अत आशा की उपासना करो। आशा को ब्रह्म समझकर उपासना करनेवाले के सब विषय समृद्धि को प्राप्त होते है, प्रार्थना सफल होती है तथा आशा के विषयों पर्यत इच्छानुसार गति होती है।

पंचदश खंड

प्राण आशा से बढकर है। जैसे रथ के चक्र में अरे होते हैं, वैसे ही समस्त जगत प्राणो मे स्थित हैं। प्राण, प्राण द्वारा गमन करता है। प्राण ही प्राणो को प्राणों के लिए दान देता है। प्राण ही माता, पिता, भाई, बहिन, आचार्य और ब्राह्मण के प्रति उचित या अनुचित कहता है, तो श्रोता उसे धिक्कारते हुए उसे माता, पिता या भाई आदि का हत्यारा कहते है। और यदि शरीर से प्राण निकल

जाये,तो चाहे उन्हे काट दो या जला दो कोई भी उसे इनका हत्यारा नहीं कहता। अत प्राण ही पिता आदि होते है। प्राणो को इस प्रकार अनुभव करनेवाला अतिवादी (अच्छे अर्थ मे) कहता है। ऐसा कहे जाने पर उसे स्वय को अतिवादी (संपूर्ण तत्त्वो का ज्ञाता) कहना चाहिए।

षोडश खंड

जो सत्य के लिए अतिवादी है,वह अवश्य अतिवादी है। नारद ने कहा 'भगवन। मै भी सत्य का अतिवादी बनूगा।' सनत्कुमार बोले 'सत्य ही विशेष रूप मे जानने योग्य है।' नारद बोले,'मै इसे विशेष रूप में ही जानूंगा।'

सप्तदश खड

सनत्कुमार बोले,सत्य को विशेष रूप मे जानने पर ही व्यक्ति सत्यवादी बनता है। विशेष जानने से सत्य नही कह सकता। सत्यवादी विज्ञान को विशेष रूप से जानते है।' नारद ने विज्ञान को जानना चाहा।

अष्टादश खंड

'मनन करने से ही विशेषज्ञता आती है। मनन न करने पर विशेष रूप से जान सकता है,परतु विशेष मनन द्वारा ही जाना जा सकता है। अत मनन ही जानने योग्य है।' नारद ने मनन को ही जानना चाहा।

उनविंश खंड

सनत्कुमार बोले,'श्रद्धा से ही मनन होता है,अश्रद्धा से नही। श्रद्धा से ही विशेष मनन हो सकता है,अत श्रद्धा ही उपास्य है।' नारद बोले,'भगवन मै श्रद्धा को ही जानना चाहता हू।'

विंश खंड

'निष्ठावान को ही श्रद्धा आती है,अनिष्ठा से श्रद्धा नही होती। अत निष्ठा विशेषरूपेण जानने योग्य है।' नारद की इच्छा निष्ठा को ही जानने की हुई

एकाविंश खंड

कर्म से ही निष्ठा उत्पन्न होती है,अकर्म से नही,कर्म न करनेवाला निष्ठावान नही होता। अतः कृति (कर्म) ही विशेष रूप में जानने योग्य है। नारद ने कृति को ही विशेष रूप से जानना चाहा।

द्वाविंश खंड

सनत्कुमार बोले,'सुख प्राप्ति से ही कृति सभव है। असुख पाकर कृति नही की जा सकती। अत सुख विशेषता के साथ जानने योग्य है। नारदजी ने सुख को जानना चाहा—

त्रयोविंश खंड

'भूमा (अत्यधिकता,निरतिशयता) ही सुख है,अल्पता में सुख नही है। अत· भूमा ही जानने योग्य है।' मनत्कुमार के इस कथन पर नारदजी ने भूमा को जानना चाहा।

चतुर्विंश खंड

सनत्कुमार बोले, 'जहां अन्य किसी को देखता, सुनता और जानता, वही भूमा है, जहा अन्य को देखता, सुनता अथवा जानता है, यही अल्प है। अल्प और भूमा क्रमश. विनाशयुक्त और अविनाशी है।' नारद बोले, 'भूमा कहां पर स्थित है ?' सनत्कुमार बोले, 'भूमा अपनी ही महिमा मे स्थित है, वस्तुत· यह आश्रयरहित है। लोक मे गाय, घोड़ा, हाथी, सोना आदि विभूति कहे जाते है। इस प्रकार अन्य अन्य मे स्थित है, मेरा ऐसा मत नही है।

पंचविंश खंड

भूमा ही नीचे-ऊपर, पश्चिम-पूर्व, उत्तर-दक्षिण मे है। उसी की सत्ता से अज्ञानवश लोग कहते है कि मै ऊपर हू, नीचे हू, पूर्व मे हू, पश्चिम मे हू इत्यादि। आत्मा की दृष्टि से भूमा ही ऊपर, नीचे तथा समस्त दिशाओ मे व्याप्त है। जो भूमा को इस रूप मे जानता है, वह आत्मा मे रमण करनेवाला, क्रीडा करनेवाला, आत्म मिथुन एव आत्म आनद होता है। वह अपने राज्य का स्वामी तथा लोको में इच्छानुसार गतिवाला होता है। विपरीत माननेवाले, दूसरे के राज्य मे रहनेवाले, विनाशशील होते है और उनकी गति इच्छानुसार नही होती है।

षड्विंश खंड

जो इस प्रकार देखता, सुनता और मनन करता है, उसके लिए आत्मा से ही प्राण, आशा, स्मरण, आकाश, अन्न, बल, विज्ञान, ध्यान, चित्त, संकल्प, मन, वाणी, नाम, मंत्र आदि सब कुछ आत्मा मे ही हो जाता है। इस विषय में कहा गया है कि ज्ञानी मृत्यु, रोग, दु ख आदि को प्राप्त नही होता, वह सबको आत्म रूप में देखता है और सब कुछ प्राप्त कर लेता है। एक ही होते हुए भी वह तीन, पाच, सात, नौ, ग्यारह, एक सौ दस या इकतीस हजार भी हो जाता है। यहा तीन, पाच, आदि सख्याएं क्रमशः तेज, शूल, पृथ्वी (तीन), रूप, रस, गंधस्पर्श शब्द (पाच विषय) आदि को सूचित करते है। आहार शुद्धि से, सत्त्व की शुद्धि होती है, इससे निश्चल स्मृति प्राप्त होती है। इसकी प्राप्ति से समस्त ग्रथियों का नाश हो जाता है। नारद इसी अवस्था में प्राप्त हो गए थे, ऐसे नारद को भगवान सनत्कुमार ने, जिन्हें स्कद भी कहते है, आत्मज्ञान का दर्शन कराया।

अष्टम अध्याय

प्रथम खंड

सगुण रूप में परमात्मा का बोध—इस ब्रह्मपुर (शरीर में) के पुंडरीक में सूक्ष्म अंतर आकाश है। इसमें जो कुछ भी स्थित है, उसका साक्षात्कार करना चाहिए। इस पर यदि शिष्य गुरु से पूछे यह कौन-सी चीज है ? तो आचार्य उत्तर दे— इस दिखाई पड़नेवाले भौतिक आकाश के समान ही, हृदय के भीतर भी स्वर्ग, पृथ्वी एवं आकाश है। इसमें अग्नि, वायु, सूर्य आदि सभी हैं। यदि शिष्य पुन पूछे कि यदि इस ब्रह्मपुर शरीर में सब कुछ स्थित है, तो शरीर की वृद्धावस्था अथवा समाप्ति पर शेष क्या रहता है ? तो गुरु कहे—शरीर के वृद्ध अथवा नष्ट हो जाने पर भी ब्रह्म वृद्ध अथवा नष्ट नही होता। यह सत्य, सबका आश्रय पाप, बुढ़ापा, मृत्यु मनोदुःख तथा भूख-प्यास से रहि

सत्यकाम एव सत्य सकल्प है । इस लोक मे जैसे प्रजा अनुशासन का व्यवहार करती है, देश-प्रदेश की इच्छा करती है, जिस प्रकार लोक मे कर्म प्राप्त भोग की समाप्ति होती है, वैसे ही परलोक के लिए पुण्य अर्जन किया जाता है और यह भी समाप्त होता है । बिना आत्म ज्ञान प्राप्त किए स्वर्ग जाने पर समस्त इच्छित लोक नही मिलते, किंतु आत्मदर्शन से मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति सत्यकामी बनकर समस्त लोको और भोगो को प्राप्त करते हैं ।

द्वितीय खंड

वह यदि पितृलोक की इच्छा करता है, तो इच्छा से ही उसके पितृगण उपस्थित हो जाते है । इसी प्रकार मातृलोक, भ्रातृलोक, भगिनीलोक या मित्रलोक की कामना करते ही उसके भ्रातृगण, भगिनीगण (बहिने) या मित्रगण समुख उपस्थित हो जाते हैं । गधलोक की इच्छा से गध पुष्प आदि से संपन्न होता है । अन्न-जल, गीत-वाद्य, स्त्रीलोक अथवा किसी के भी सकल्प से ही वह लोक प्राप्त हो जाता है और सुख देता है ।

तृतीय खंड

भोग सत्य होते हुए भी मिथ्या के आवरण से ढके है । अत मनुष्य अपने मृत सबधी को पुन. नही देख सकता, इस लोक मे जीवित (अन्य स्थानों के) सबधियों को तथा इच्छित पदार्थो को प्राप्त नही कर सकता । हृदयाकाश स्थित ब्रह्म की उपासना से ये सब प्राप्त हो जाते है । जैसे पृथ्वी पर चलने पर भी नीचे दबे सोने का पता नही लगता, ऐसे ही स्वप्नावस्था में ब्रह्मलोक को नही देखता, क्योंकि ये सब मिथ्या से ढके हुए है, आत्मा हृदय मे स्थित है, इसको जाननेवाला ब्रह्म को भी हृदय मे देखता है । संप्रसाद को प्राप्त व्यक्ति मृत्यु पर श्रेष्ठ अवस्था को प्राप्त करता है, अपने स्वरूप मे भली प्रकार स्थित होता है । यही आत्मा अविनाशी, अभय ब्रह्म है, इसी का नाम सत्य है । इसमें (सतोऽयम् = यह सत् है) से अविनाशी, तो, विनश्वर तथा 'यम' दोनों का सतुलित करनेवाला । इसका ज्ञाता सदा हृदयास्थित ब्रह्म को प्राप्त करता है ।

चतुर्थ खंड

इस प्रकार यह आत्मा पृथ्वी आदि लोकों के विनाश से बचाव के धारण का सेतु है । इसका, दिवस-रात्रि, जरा-मृत्यु-शोक, पुण्य-पाप आदि अतिक्रमण नही करते क्योकि यह निष्पाप ब्रह्मरूप है । इसे प्राप्त करके व्यक्ति अधा होते हुए भी दृष्टिवान, शोक होने पर भी नि शोक तथा रोगी होने पर भी नीरोग होता है । इसे प्राप्त करने पर रात भी दिन बन जाता है, क्योंकि यह सदा प्रकाशमान है । इसे ब्रह्मचर्य एव त्याग द्वारा जानकर ब्रह्मलोक की प्राप्ति तथा इच्छानुसार गति प्राप्त होती है ।

पंचम खंड

ब्रह्मचर्य ही यज्ञ है । ब्रह्मचर्य आत्मज्ञाता ब्रह्मलोक प्राप्त करता है । ब्रह्मचर्य ही इष्ट है, अत इसी से इच्छानुसार आत्मा की प्राप्ति होती है । सत् द्वारा ब्रह्म की प्राप्ति होती है, अत इसे सत्यायण भी कहते है । ब्रह्मचर्य द्वारा आत्मज्ञान एव मननशक्ति प्राप्त होने से यह (ब्रह्मचर्य) मौन भी कहलाता है । इसी अनाशकायन की प्राप्ति होती है, अत यह अनाशक कहलाता है । इसी मे प्राप्य

तृतीय स्वर्ग मे 'अर' एव 'ण्य' नाम दो समुद्र है, अतः यह अरण्यायन कहलाता है। तीसरा समुद्र अन्न रस से युक्त है, वहां एक अमृतस्रावी पीपल है, अपराजितापुरी तथा ईशकृत स्वर्गमडल है। 'अर' एव 'ण्य' नामक समुद्र ब्रह्मचर्य द्वारा ही प्राप्य है। ब्रह्मचारी ही समस्त लोको मे यथाकाम गतिवाले होते है।

षष्ठम खंड

अब हृदय की नाड़िया, पिगल, सफेद, नीले, पीले और लाल रग की है। सूर्य की किरणें भी इसी प्रकार के वर्णोवाली है, लोक एव मनुष्यों तक पहुचती है और आदित्य मंडल से नाडियो मे प्रवेश करती है तथा लौटकर आदित्य में प्रवेश करती हैं। स्वप्न का अनुभव न करनेवाला सोया हुआ व्यक्ति नाडियों मे ही प्रविष्ट रहता है। उस समय तेज मे प्रविष्ट होने से वह निष्पाप होता है। बलहीन मरणासन्न व्यक्ति से उसके परिजन पूछते है कि क्या वह उसे पहचानता है? तब यदि उसमें तेज होगा, तो वह पहचानेगा यदि नही होगा तो नही पहचानेगा। मरने पर वह सूर्य किरणो से ऊपर चला जाता है। उसका जीव मनोगति के अनुसार तुरत आदित्य मे पहुच जाता है। यह उपासको को उच्चलोक प्राप्त करानेवाला तथा उपासना न करनेवालों को रोकनेवाला है। कहा जाता है कि हृदय की एक सौ नाड़िया होती है, उनमे से एक मूर्धा को जाती है। उपासक जीव इसी से निकलकर अमरत्व प्राप्त करता है, शेष अन्य नाड़ियो से बाहर आते है, इन्हे, उच्चलोक नही मिलते।

सप्तम खंड

प्रजापति ने कहा था—आत्मा पाप, वृद्धावस्था, मृत्यु, कष्ट, भूख, प्यास आदि से रहित है। यही सत्ययुक्त तथा जानने योग्य है। इसका ज्ञाता एवं अनुभवी समस्त लोको एवं भोगो को प्राप्त करता है। इस कथन को सुर एव असुर सुनते आए थे। उन्होने इसे जानना चाहा। अत देवताओ की ओर से इद्र तथा असुरों की ओर से विरोचन एक-दूसरे के प्रति ईर्ष्या रखते हुए प्रजापति के पास गए। वहां दोनों 32 वर्ष तक ब्रह्मचर्यपूर्वक रहे, तब प्रजापति ने उनका उद्देश्य पूछा। उन्होने अपना प्रयोजन वताया। प्रजापति ने बताया कि आख में दीखनेवाला पुरुष अमृतमय, अभय ब्रह्म है। वे प्रतिबिंब को आत्मा समझकर पूछने लगे जल, दर्पण मे दीखनेवाला आत्मा कौन है?' प्रजापति ने कहा—वही इन सब में है।

अष्टम खंड

प्रजापति ने कहा, 'जल से भरे पात्र में फिर आत्मा के विषय मे अपना अनुभव मुझे बताना।' दोनों ने ऐसा ही किया, फिर बताया, 'शरीर का रोम-रोम तथा नख आदि समस्त प्रतिबिब दीख रहा है।' फिर प्रजापति की आज्ञा से दोनों ने वस्त्र, आभूषण आदि पहनकर जलपात्र मे देखने पर अपने को इसी प्रकार का बताया। प्रजापति ने कहा, 'यही आत्मा अविनाशी अभय ब्रह्म है।' यह सुनकर दोनों सतुष्ट होकर चले गए। उनको जाते देख प्रजापति ने मन में सोचा—ये दोनों ही शरीर को आत्मा मानकर जा रहे है। देव हो या असुर—ऐसे अनुभववाले का पराभव ही होगा। विरोचन असुरों के पास जाकर बोला, 'आत्मा अर्थात् शरीर पूज्य तथा सेव्य है।' इसीलिए दान, श्रद्धा, भजन

आदि से हीन मनुष्य को सज्जन खेद से असुर कहते हैं इसी भावना से लोग मृत शरीर को वस्त्रादि से सुसज्जित करके समझते है कि वह इसी से स्वर्ग प्राप्त करेगा।

नवम खंड

इंद्र को मार्ग में संदेह हो गया कि जैसा शरीर होगा सुसज्जित, अधा, लूला, मृत वैसा ही प्रतिबिब भी दिखाई पड़ेगा। इसे ही जानने पर तो कोई लाभ नही मालूम होता। वह पुन समिधा लेकर प्रजापति के पास गया। प्रजापति ने पूछा, 'तुम तो विरोचन के साथ संतुष्ट होकर चले गए थे फिर कैसे आए हो ?' इंद्र ने अपनी शंका सामने रखी और कहा कि प्रतिबिब रूपी आत्मा के ज्ञान से कोई लाभ नही। प्रजापति बोले, 'तुम्हारा विचार ठीक है। अब तुम बत्तीस वर्ष तक यहा रहो। मै तुम्हें पुन. आत्मज्ञान दूंगा।' इंद्र ने ऐसा ही किया तब प्रजापति बताने लगे—

दशम खंड

'स्वप्न में महिमा को प्राप्त, विचरणशील आत्मा अनश्वर और अभय ब्रह्म है।' यह सुन सतुष्ट इद्र चला गया। मार्ग मे ही उसे शंका हुई कि शरीर के अंधा, श्राम या मृत होने पर आदि स्वप्न के शरीर में ये विकृतिया नही आती। स्वप्नो मे भी ऐसा प्रतीत होता है कि कोई इसे मार अथवा खदेड रहा है, अप्रिय प्रसंग से दुःखी होना आदि अनुभव होते है। अत· स्वप्न की आत्मा का कोई फल प्राप्त नही हुआ। वह पुन समिधा लेकर प्रजापति के पास गया। पुन· आने का प्रयोजन पूछे जाने पर उसने अपनी शका व्यक्त की। प्रजापति ने उसे फिर आत्मा का मर्म समझाने के लिए 32 वर्षों तक रोकने पर इस विषय को बताना प्रारभ किया—

एकादश खंड

'सुप्तावस्था में जब शात तथा स्वप्न आदि का अनुभव नही करने पर वह आत्मा होता है, वही अमृत अभय ब्रह्म है।' सतुष्ट होकर चले जाने पर मार्ग में ही इद्र ने पुन सोचा कि इस अवस्था में तो आत्मा स्वय को भी नही जानता और अन्य पदार्थों को भी। ऐसा लगता है, जैसे यह नष्ट हो गया हो। यह तो मेरा ज्ञान व्यर्थ ही रहा। वह पुन. समिधा लेकर लौट पड़ा। प्रजापति द्वारा लौटने का कारण पूछे जाने पर उसने अपनी शका बताई। प्रजापति ने कहा कि वह उसे आत्मा की अभिन्नता बताएगे अत वह पांच वर्ष तक वही रहे। इस प्रकार व 105 वर्ष ब्रह्मचर्य पूर्वक वहा रहा तब प्रजापति ने उन्हें पुन बताया—

द्वादश खंड

शरीर मरणशील है। मृत्यु से घिरा हुआ है। अनश्वर अदेह आत्मा इसमें रहता है। अत सशरीर होने पर यह सुख-दुःख, प्रिय-अप्रिय आदि से मुक्त है, किंतु शरीर से मुक्त होने पर, ये इसका स्पर्श नही कर सकते। जैसे वायु, विजली, मेघ और इसका गर्जन अशरीर है और आकाश में सूर्य की श्रेष्ठ ज्योति से स्वरूपवान हो जाते हैं, वैसे ही शरीर भी उड़कर परमज्योति ब्रह्म की प्राप्ति पर अपना स्वरूप प्राप्त करता है। यह उत्तम पुरुष होता है, तब वह हसी, स्त्री यान आदि से रमण करता है और शरीर को भूल जाता है। रथ में जुते घोडे के समान यह शरीर से बधा होता है।

आकाश में प्रविष्ट होने पर चक्षु चाषुष पुरुष है। इसका ज्ञान नेत्रो से होता है। गध का ज्ञान नसिका से तथा उच्चारण वाणी से। इसी प्रकार अन्य ज्ञान के लिए इद्रिया है। मनन करना आत्मा का कार्य है,इसके लिए मनरूपी दैवी नेत्र है। यह इसी से भोगों को देखता हुआ रमण करता है। इसी आत्मा की उपासना करने से देवों को लोको एव भोगो की प्राप्ति होती है। इसको जानकर अनुभव करने वाला इनको (लोकों एवं भोगो को) पाता है।

त्रयोदश खंड

मैं श्याम (हृदय स्थित ब्रह्म) से शबल (ब्रह्मलोक) को प्राप्त करू तथा शबल से श्याम को। जैसे अश्व अपने शरीर को फडफडाकर स्वच्छ होता है,वैसे ही मै पापमुक्त होकर राहु मुख से मुक्त चद्र के समान शरीर को त्यागकर ब्रह्मलोक को प्राप्त होता हू।

चतुर्दश खंड

आकाश रूप आत्मा ही नाम एव रूप (संज्ञा एव आकार) को स्पष्ट करता है। नाम एव रूप जिसमें है,वही ब्रह्म है,अविनाशी एवं आत्मा है। मैं (इद्र) प्रजापति की सभा से घर को जाता हूं। मै ब्राह्मणों,क्षत्रियों एव वैश्यों की आत्मा हू। मै स्निग्ध रोहितवर्ण,बिना दातों के ,खानेवाली स्त्री की योनि को प्राप्त न होऊ (मेरा पुन गर्भ में जन्म न हो)।

पंचदश खंड

यह ज्ञान ब्रह्म से प्रजापति को,प्रजापति से मनु को,मनु से प्रजा को हुआ। जो आचार्य कुल से वेद पढकर विधि से अध्ययन करके गृहस्थ में प्रविष्ट होता है,पवित्र स्थानों में रहकर स्वाध्याय करके शिष्यों और पुत्रों को शिक्षा देता है, इंद्रियों को ब्रह्म में लगाकर सभी प्राणियों को पीडा नही पहुचाता तथा जीवनपर्यत ऐसा करता है,वह देह त्यागने पर ब्रह्मलोक प्राप्त करता है, उसका पुनर्जन्म नही होता।

□

10. श्वेताश्वेतरोपनिषद्

प्रथम अध्याय

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

ब्रह्मवादी कहते है—इस विश्व का आदि कारण कौन है ? तथा हम किससे उत्पन्न हुए है ? जीते है तथा स्थित है ? जीवित है, किसके आश्रित है और किसके कारण सुख-दु ख अनुभव करते है। काल, स्वभाव, भाग्य, सदृच्छा आदि क्या इसके कारण है ? ऐसा भी नही है, क्योकि यह सव कर्मो के अधीन है। यह विचारकर ध्यानयोग से उन्होने देखा कि सगुण ईश्वर जो आच्छादित है, वही काल आदि का एकमात्र कारण है। फिर उन्हे एक चक्र दिखाई पडा, जो तीन वृत्तो, सोलह सिरो, पचास अरों, बीस प्रत्यरो, छ अष्टको से युक्त तीन मार्गवाला था। एक नदी थी, जो पाच धाराओ से भयकर, पाच स्रोतोवाली, पाच-पाच जगह से उत्पन्न, पांच उर्मियोवाली, पाच दु खो से अधोवेगवाली, वक्र प्रवाहवाली तथा पांच प्रकार के ज्ञान रूपी मनवाली थी।

सवके आश्रय इस ब्रह्मचक्र में आत्मा भ्रमित होता है। अपने को तथा प्रेरक को पृथक् मानकर उसकी कृपा से ही अमृत्व प्राप्त करता है। यह परमब्रह्म प्रसिद्ध महिमा से युक्त है। इसी मे तीनो लोक स्थित है। ब्रह्मवेत्ता इसमें लीन होकर योनिमुक्त हो जाते है। नश्वर देह आदि एव अनश्वर (ब्रह्म) के सयोग से निर्मित व्यक्त एवं अव्यक्त विश्व का वही भर्ता है। आत्मा विषय-भोगों मे वध जाता है और उसे (ब्रह्म को) जानने पर मुक्त हो जाता है। ज्ञानी-अज्ञानी दोनों ही आत्माए जन्म रहित है। भोग्यों को प्रकृति निर्मित करती है। परमात्मा अनत, विश्वरूप और अकर्ता है। तीनो (जीव प्रकृति एव ईश्वर) ब्रह्म कहलाते हैं। नश्वर प्रकृति एव अनश्वर जीव दोनो परमेश्वर के अधीन है। इसके ध्यान से प्राणी प्रकृतिचक्र से मुक्त होकर इसी मे मिल जाता है।

इसके ध्यान से दु ख, जन्म-मरणादि वंधनो आदि से मुक्ति मिलती है। अत मे स्वर्ग के ऐश्वर्य प्राप्त होते है। अपने में स्थित ब्रह्म को भोक्ता, भोग्य एव प्रेरक मानकर ध्यान करें। इस त्रिविध ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ भी जानने योग्य नही है। जैसे लकडी के अदर अग्नि नही दिखती, किंतु घिसने पर वह प्रकट हो जाती है, ऐसे ही आत्मा एव परमात्मा दोनों का ज्ञान प्रणव (ओम) से होता है। अपने शरीर तथा प्रणव दोनों को ऊपर-नीचे की अरणि के समान घिसने, ध्यान लगाने मे अग्नि के समान परमात्मा का दर्शन होता है। जैसे तिलों मे तेल, दही में घी, स्रोतो में पानी तथा अरणि में अग्नि रहती है, ऐसे ही हृदय में परमात्मा अदृश्य होता है। सत्य एवं तप से यह दीखता है। दूध में व्याप्त घी के समान आत्मज्ञानी ब्रह्म को आत्म विद्या का तप आदि से जान लेता है। यज्ञ में दो लकडियो को घिसकर आग जलाते है, यही लकडिया अरणिया कहलाती है।

द्वितीय अध्याय

सविता हमारी बुद्धि को एवं मन को तत्त्व प्राप्ति हेतु अपने रूपो गे लगा कर अग्नि तेज को पृथ्वी से हममें स्थित करे। सविता मे लगे मन को हम यथाशक्ति स्वर्ग प्राप्ति हेतु प्रेरित करे। हमारे मन को सविता आकाशचारी देवताओ के प्रति प्रेरित करे। विद्वान विप्र अपने चित्त को एवं बुद्धि को जिसमें लगाकर यज्ञादि करते है, वह सविता हमारे द्वारा स्तुत हो। समस्त देवता जो दिव्य धामों में रहते हैं विद्वान के यश के समान मेरे श्लोको को सुनें। मै उन्हे नमस्कार करता हू। जहा अग्नि का मथन, प्राणो का वायु का अवरोध हो जाता है, सोम का प्राकट्य होता है, वहां मन उत्पन्न होता है। सविता की प्रेरणा से पहले ब्रह्म की प्रार्थना करें। उसमे मन लगाने पर पूर्वकर्म उसमे विघ्न नही करेंगे। सिर, गले और वक्ष को सीधा करते हुए, मन से हृदय एव इद्रियो को रोककर ब्रह्मरूपी नाव से विद्वान भयानक स्रोतो को तरे। विद्वान विविध योगक्रियाओं से प्राणो को रोककर नासिका द्वारा उन्हें बाहर छोड दो जैसे कुशल सारथी बिगड़े घोड़े को साधता है, वैसे ही मन को वश मे करे। ककड आदि रहित शुद्ध शांत, जल हीन, मनोनुकूल आखो को रमणीय लगनेवाली गुफा मे रहकर मन को ब्रह्म में लगाए। ब्रह्म प्राप्ति मे लगे योगी को कुहरा, धुआ, जुगनू, बिजली आदि अनेक दृश्य दीखते है। यह सूचित करते है कि योग सफल हो रहा है।

पृथ्वी, जल आदि पाच तत्त्वो के उत्थान तथा योग के गुणो के सिद्ध हो जाने पर योग से तेजस्वी देहवाला योगी रोग, जरा एव मृत्यु से मुक्त हो जाता है। शरीर का हलका होना, नीरोगता, भोगों के प्रति अरुचि, उज्ज्वल वर्ण, सुदर स्वर एव सुगध की अनुभूति तथा लघु एव दीर्घ शका की कमी—यह योग सिद्धि के प्रथम लक्षण है। मिट्टी मे सनने के बाद धोए हुए रत्न की तरह आत्म तत्त्व की प्राप्ति पर योगी दु खों से मुक्त हो जाता है। फिर वह इसी तत्त्व से दीपक सदृश प्रकाशमान ब्रह्म के दर्शन करके अत्र, ध्रुव पापमुक्त होकर बंधनमुक्त हो जाता है। प्रति दिशा में व्याप्त ईश्वर सर्वप्रथम उत्पन्न ब्रह्म गर्भवासी विश्व रूप मे प्रकट तथा भविष्य में भी प्रकट होनेवाला है। वह सर्वतोमुख एव सबमें स्थित है। जो ईश्वर अग्नि, जल, औषधि, वनस्पति आदि सभी मे स्थित है, उसे नमस्कार है।

तृतीय अध्याय

जो अपनी सत्ता से सभी लोकों एव विश्वजाल का स्वामी है, अकेला ही सृष्टि का कर्ता एव उसे चलाता है, उसे जाननेवाले अमरता प्राप्त करते हैं। इस लोक का स्वामी एक ही रुद्र है। वह सभी प्राणियों में रहता हुआ लोकनिर्माण करता है, रक्षा करता है तथा प्रलयकाल में सबको अपने में ही समेट लेता है। चारों ओर जिसके चक्षु, मुख, बाहु और पाद है, वह अपने हाथो मे आकाश एव पृथ्वी को रचना है। वह अकेला ही मनुष्य को पैरो तथा पक्षियों को पंखों से युक्त करता है। जो रुद्र समस्त देवो का स्वामी एव पिता है विश्व का अधिपति एवं महर्षि है, वह हमारी बुद्धि को शुभ कर्मों मे जोडे। उसी ने सर्वप्रथम हिरण्यगर्भ को बनाया। हे रुद्र तुम्हारी जो कल्याणकारक, अघोर, अत्यत तपस्विनी मूर्ति है, उस शात मूर्ति मे हमें देखो।

जिस वाण को तुम हाथ में लिए हो, हे पर्वतों पर सोनेवाले रुद्र, उसे विश्व के लिए कल्याणकारी बनाओ। विश्व से परे, ब्रह्म से भी श्रेष्ठ, प्राणियों के शरीर के अनुसार उसमे व्याप्त, विश्व के रचयिता उस ईश्वर को जानकर अमृत प्राप्त होता है। अधकार से दूर आदित्यवर्ण उस पुरुष को मै जानता हू। इसका ज्ञाता मृत्यु से मुक्त हो जाता है। बधन मुक्ति के लिए इससे बढ़कर कोई मार्ग नही है। जिससे बढ़कर कोई अन्य वस्तु नही है, जिससे छोटा या बडा भी कुछ नही है। जो अकेला भी वृक्ष के समान आकाश मे स्थित है, उसी से यह विश्व पूर्ण है। जो उस हिरण्यगर्भ से श्रेष्ठ, निराकार एव निर्दोष है, उसे जाननेवाले अमृत्व को तथा न जाननेवाले दु खो को प्राप्त होते है। (6-10)।

ईश्वर सभी तरफ मुख, सिर एव कंठवाला है। यह सर्वव्यापक सर्वगत, सभी प्राणियो की गुहा मे स्थित और शिव है। यह महान प्रभु सभी प्राणियो का प्रवर्तक, निर्मल, मनुष्य को आत्मप्राप्ति का साधन तथा एक अनश्वर ज्योति है। यह अंगुष्ठमात्र परिमाणवाला मनुष्यो के हृदय मे व्याप्त ईश्वर पवित्र-निर्मल मन एव हृदयवाला है। इसके ज्ञाता भी इसी के समान बन जाते हैं। वह पुरुष हजारों सिरो, नेत्रो एव पादोवाला है। वह भूमि को चारो ओर से व्याप्त करके हृदय मे रहता है। यह सब भूत, भविष्य एव अमृत्व का अधीनश्वर तथा अन्न द्वारा वृद्धि प्राप्त भी वही है। वही ससार को अपने चारो ओर निकले हाथो-पांवो, आंखों एव सिरो से व्याप्त करके खडा श्रुतिगत ही है। (11-16)।

सभी इद्रियो से परे होते हुए भी उनके विषयो को जाननेवाला, सभी का आश्रय तथा स्वामी है। चराचर का स्वामी वह परमेश्वर नौ द्वारोवाले मानव देह में स्थित है और बाह्य जगत मे भी वह क्रीडारत है। हाथ-पांव के बिना भी वह गतिमान है, बिना आखो के देखता तथा बिना कानो के सुनता है। जानने योग्य विषयो को वह जानता है, उसे कोई नही जानता। उसे ज्ञानी महान कहते है। यह अणु से भी सूक्ष्म तथा महान से भी महान है वह आत्मा मानवदेह में स्थित है। उस सकल्परहित को उनकी कृपा से जाननेवाला दुखमुक्त हो जाता है। ज्ञानी इसे इसकी प्रभुता मे अजर, पुराण, सर्वात्मा, सर्वगत तथा अजन्मा कहते है। मै इसे जानता हू। (17-21)।

चतुर्थ अध्याय

वह एक परमेश्वर जो वर्णहीन, रहस्यमय तथा नाना शक्ति युक्त है और अनेक वर्णोवाले रूपों को धारण करता है। इसी में प्रलयकाल में समस्त जगत लीन हो जाता है। वही अग्नि, आदित्य, वायु, चद्रमा, शुक्र, ब्रह्म तथा प्रजापति है। हे ईश्वर ! तू ही स्त्री, पुरुष, कुमार, कुमारी लाठी से चलनेवाला वृद्ध तथा तू ही चारों मुखोंवाला है। तू ही नील पंतग, हरा एव लोहिताक्ष है। तू ही मेघ, ऋतु सातों समुद्र और लोकों का उत्पत्ति स्थल है। अपने समान रूपवाली अजन्मा प्रकृति का ज्ञानी त्याग कर देता है, किंतु अज्ञानी मोहमय रहता है। यह माया अपने समान लाल, सफेद, काले रंगोंवाली सृष्टि का निर्माण करती है। (1-5)

आत्मा-परमात्मा रूपी दो सदा साथ रहनेवाले मित्र पक्षी एक ही वृक्ष पर रहते हैं। उनमे एक (आत्मा) फलों का स्वाद लेता है, दूसरा इनका त्याग कर देता है। जीव मोह में पडा, अशक्त, असमर्थ

और दुःखी है। जब यह परमात्मा की महिमा को जानता है, तो शोकमुक्त हो जाता है, जिसमे समस्त देव स्थित है, उसी परम व्योम मे देवो का निवास है। जो उसे जानता है, उसे वह मिल जाता है। वेदो में वर्णित छद, यज्ञ, भूत, भविष्य आदि को विश्व का स्वामी पहले ही रच देता है, किंतु मोह में पडा जीवात्मा भ्रमित रहता है। प्रकृति को माया तथा महेश्वर को उसका स्वामी समझो उसी के अवयवो से यह जगत व्याप्त है। (6-10) जो अकेला योनियों का अधिष्ठाता है, प्रलय मे विश्व जिसमे मिल जाता है और सृष्टि के समय विभिन्न रूपो मे प्रकट हो जाता है। उसे तत्त्वत· जानकर मनुष्य शाति प्राप्त करता है। जो रूद्रादि का उद्रव कारण है, अत्यत ज्ञानी, सभी को रचनेवाला है, वह हिरण्य गर्भ सबका स्वामी हमें सद्बुद्धि दे। जो समस्त देवो का स्वामी, लोकों का आश्रय, दो या चार पावोवाले प्राणियों का प्रभु है, उस ईश्वर की हवि से उपासना करे। अतिसूक्ष्म हृदय में स्थित विश्व रचयिता तथा इसे चारों ओर से व्याप्त परमात्मा का ज्ञान चित्त को शाति देता है। भुवनो का रक्षक, विश्वाधिपति, सभी प्राणियो मे छिपा हुआ वह ईश्वर जिसमे सभी ऋषि तथा देवता तल्लीन रहते हैं, उसे जाननेवाले के मृत्यु बधन कट जाते है (11-15)।

घी के तत्त्व के समान सूक्ष्म सभी प्राणियो मे व्याप्त, विश्व व्यापक एकमात्र शिव को जानकर समस्त बधनो से प्राणी मुक्त होता है। अकेला महात्मा ईश्वर सदा लोगो के हृदय मे है, हृदय से ध्यान लगाकर उसका साक्षात्कार करनेवाला अमृत्व पाता है। अज्ञानाधकार नष्ट होने पर रात्रि दिन सत् एव असत् का बोध नही रहता, केवल अविनाशी शिव ही दीखता है, तब प्राचीन ज्ञान के प्रसारक सविता का वरण करना चाहिए। जिस महिमाशाली के नाम की कोई उपमा नही। उसका ऊपर मध्य या तिरछा कुछ भी नही है। उस रूप को कोई नेत्र नही देख सकते। हृदय मे स्थित उस परमेश्वर को मन से जाननेवाला अमर हो जाता है। रुद्र को अजन्मा जानकर जो भयभीत प्राणी उसकी शरण जाता है, रुद्र दक्षिण मुख से उसकी रक्षा करता है। हे रुद्र हम तुम्हे हवि देते है, तुम हमारे पुत्र, पौत्र, गौ आदि की आयु के प्रति क्रोध कभी न करो। हमारे वीरो को नष्ट न करो। (16-22)।

पंचम अध्याय

नश्वर जड़ जगत अविद्या तथा अनश्वर आत्मा विद्या है। इन दोनो का स्वामी, जिसमे यह दोनो स्थित है, इन दोनों से भिन्न श्रेष्ठ गूढ़ तथा असीम है। जो अकेला ही अनेक प्रकार की सृष्टि का कर्ता तथा जन्म लेते ही परमेश्वर को देखनेवाले कपिल ऋषि को भी जन्म देता है। परमेश्वर प्रत्येक जाल को अनेक बार रचकर नष्ट करता है। फिर वह लोकपालों को बनाकर उनका स्वामी बनता है। जैसे सूर्य अकेला ही अपनी सीधी, तिरछी आदि किरणो से विश्व को प्रकाशित करता है, वैसे ही एक ही परमात्मा सब शक्तियों का स्वामी है। जो विश्व का प्रथम कारण है, यही तप मे प्राकृतिक तत्वों का विभिन्न रूपों मे निर्माण करता है। सब गुणो को प्राणी मे युक्त करनेवाला ही ससार मे व्याप्त है। (1-5)

उस वेद-उपनिषदो के रहस्य परमात्मा को ब्रह्मयोनि ब्रह्मा जानता है। उसके ज्ञाता देव तथा ऋषि उसमें लीन होकर अमर हो गए। गुणों मे आवद्ध प्राणी फलों की कामना तथा उपभोग करता

है। वह त्रिगुणात्मक त्रिमार्गी आत्मा अपने कर्मफलों से अनेक योनिया धारण करता है। अगुष्ठमात्र, सकल्प, बुद्धि तथा श्रेष्ठ कर्मों के कारण रूई के अग्रभाग समान आकारवाला बना हुआ सूर्य समान तेजस्वी जीवात्मा को भी ज्ञानियो ने देखा है। बाल के सिरे के दस हजारवें भाग जैसा प्राणो का स्वरूप है। यह अतिसूक्ष्म जीवात्मा अनत गुणयुक्त हो जाता है। न तो यह स्त्री होता, न पुरुष और नपुसक, जैसे शरीर मे जाता है, वैसा ही बन जाता है। (6-10)

सकल्प, स्पर्श, दृष्टि, मोह, भोजन, जल आदि द्वारा प्राणियो का जन्म एव उसकी वृद्धि होती है। कर्मफल के अनुसार ही यही जीवात्मा विभिन्न देहो और लोकों को प्राप्त करता है। यह अपने कर्मो के, शरीर के तथा अह के गुणो से स्थूल-सूक्ष्म अनेक रूपो को प्राप्त करता हैं। वस्तुत इन रूपो को ग्रहण कराने का कारण कोई अन्य ही देखा गया है। आदि अतरहित, ससार व्याप्त विश्वकर्ता, विधिरूप ससार को सभी ओर से व्याप्त किया हुआ है। इस परमेश्वर का ज्ञाता बधनो से मुक्त हो जाता है। भावो से ग्राह्य, भावरचयिता ससार की उत्पत्ति एव विनाश के कारण शिव स्वरूप को जाननेवाले साधक देहबधन से मुक्ति पा जाते है। (11-14)

षष्ठम् अध्याय

कविजन प्रकृति-पुरुष को तथा अन्य पुरुष-काल को विश्व की उत्पत्ति का कारण मानते हैं। वस्तुत यह परमात्मा की ही महिमा है, जिससे यह ब्रह्म-चक्र घूमता है। समस्त जगत जिसमे व्याप्त है, वह परमात्मा काल का भी काल तथा सर्वज्ञ-सर्वगुणी है। विश्व मे सभी पृथ्वी, तेज, जल आदि उसी का कार्य है। उसी ने गुणो युक्त कर्मो तथा सभी भावों को विनियोजित किया। कर्मो के अभाव मे पूर्वकृत कर्म नष्ट हो जाते है और परमात्मा की प्राप्ति होती है, क्योकि जीवात्मा जड तत्त्वो से भिन्न है। परमेश्वर सर्वप्रथम है। वह तीनो कालों की सीमा से बाहर है। वह प्रकृति एव जीव का सयोजक, हृदय मे स्थित एव विश्वरूप स्तुति करने योग्य है। (1-5)

वह विश्व, काल एव आकार से परे होते हुए भी उसी के कारण यह जगत प्रपच है। वह धर्मधारक, पापनाशक, ऐश्वर्य स्वामी विश्वाश्रय है। उसे अपने हृदय मे समझनेवाला अमर हो जाता है। उसे ईश्वरो का भी ईश्वर, देवो का देव, स्वामियो का स्वामी, स्तुति योग्य तथा सर्वातीत मानते है। वह शरीर एव अत करण रहित है। उसके समान तथा उससे बढकर कोई नही है। उसकी पराशक्ति एव स्वाभाविक ज्ञान तथा बल की क्रियाएं अनेक प्रकार से सुनी जाती है। उसका कोई स्वामी, कोई चिह्न भी नही है। वह कारणो का कारण है तथा उसका कोई भी ईश्वर या पिता नही है। जैसे मकडी जाला बनाकर उससे पुन स्वय को ही ढक लेती है, वैसे ही अकेला ईश्वर अपने कार्यो मे स्वय को आवृत्त कर लेता है। वह अपने ब्रह्मधाम मे हमें स्थान दे। (6-10)

अकेला ही एक ईश्वर सभी प्राणियो मे स्थित, सर्वव्यापक तथा सब मे निवास करने वाला है। वही सभी के कर्मो का नियता, आश्रय, साक्षी, चेतन, पवित्र तथा निर्गुण है। वह असख्य जीवो को वश में रखता है, एक ही जीव को अनेक रूपों में बनाता है, उसे जो धैर्यशाली अपने मे देखते है, वे शाश्वत सुख को प्राप्त करते है। जो नित्यो का नित्य, चेतनों का चेतन, अनेक कार्यों को करनेवाला है, उसे साख्य या योग द्वार समझकर सभी पाशों से मुक्ति मिल जाती है। उसके परमधाम में सूर्य, चद्र, तारे या विद्युत कोई भी प्रकाश नही कर सकते। ये सभी उसी मे प्रकाशमान

हैं तथा यह समस्त लोक उसी के प्रकाश से प्रकाशित है। इस लोक मे प्रकाश रू पी एक परमेश्वर ही अधिष्ठित है। वही अग्नि एवं सलिल मे व्याप्त है। उसकी प्राप्ति के लिए उसे जानने के अतिरिक्त अन्य मार्ग नही है। (11-15)

वह विश्व रचयिता सर्वज्ञ, काल का काल, गुणों का गुण, प्रकृति एवं प्रधान तथा आत्मा का स्वामी, सृष्टि एव मोक्ष का कारण है। वह अविनाशी, अधीश्वरो में स्थित पूर्ण सर्वज्ञ परमेश्वर इस लोक का भी स्वामी है। उसके सिवा इसका कोई दूसरा स्वामी नही है। जो सर्वप्रथम ब्रह्मा को प्रकट करके वेदों को देता है। मोक्ष की इच्छा से मै उसी की शरण मे जाता हूं। वह कला, कर्म एवं दोषों से रहित, शात अमृत सेतु तथा जलती अग्नि के समान तेजस्वी है। जब मानव चमडे के समान आकाश को लपेटने मे समर्थ हो जाएंगे, तब वे परमात्मा को जानकर दु खों से मुक्त हो जाएंगे। (16-21)

तप के प्रभाव एव ईश्वर के प्रसाद से श्वेतावेतर ऋषि को ब्रह्म ज्ञान हुआ। उन्होने यह ऋषि ज्ञान, जो परम पवित्र है, अपने आश्रमवासियों को दिया। इससे पूर्व कल्प में गूढ वेदात मे यह कहा गया था। पुत्र या शिष्य के अतिरिक्त किसी अशांत चित्त व्यक्ति को यह ज्ञान नही देना चाहिए। परमेश्वर में असीम भक्तिवाले तथा गुरु मे भी ऐसी भक्ति वाले महान पुरुष के अंत करण मे यह ज्ञान प्रकाशित होता है।

□

11. गर्भोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

यह शरीर पंचात्मक, पाचो मे वर्तमान, छ आश्रयोवाला, छ गुणो एव सात धातुओ से बना विमल, दो योनिवाला, चार प्रकार के आहारवाला है। पृथ्वी, जल आदि पाच तत्त्वो के कारण इसे पचात्मक कहते है। शरीर में पृथ्वी आदि क्या है ? तो कहते है—ठोस पृथ्वी, तरल जल, उष्णता अग्नि, संचार करनेवाला वायु तथा छिद्रो को आकाश कहते है। इनके कार्य इस प्रकार है—पृथ्वी का धारण करना, जल का एकत्रित करना, तेज का धारण करना, वायु का अवयवो को उचित स्थान पर पहुंचाना तथा आकाश का अवकाश प्रदान करना है। इद्रियो के कार्य भी चखना, देखना, सुनना, स्पर्श करना एव सूघना आदि है। बुद्धि द्वारा ज्ञान की प्राप्ति होती है। मधुर, अम्ल कटु, कषाय, लवण और तिक्त यह छ रस है। सा, रे, ग, म, प, ध, नी यह सात स्वर है। इनमे दृष्ट अनिष्ट एव प्रणिधान कारक मिला देने से दस प्रकार के शब्द बनते है। सफेद, लाल, काला, पीला, कपिल, पाडु तथा धूम्र यह सात रंग है।

जब किसी मनुष्य के भाग्य विषय का उदय होता है, तो उसे छ रस प्राप्त होते है। इनसे शरीर में रस बनता है। फिर रस से रुधिर, मास, मेदा, स्नायु, अस्थि, मज्जा तथा शुक्र क्रमश एक से दूसरे बनते है। ये सात धातुए मानव शरीर को बनाती है। पुरुष शुक्र एव स्त्री-रज से गर्भ बनता है। धातुए हदयस्थ रहकर अतराग्नि पैदा करती है। अग्नि के स्थान मे पित्त, पित्त के स्थान मे वायु ही हदय बनती है।

ऋतु काल मे गर्भाधान के बाद एक रात मे कलल बनता है, सात रात्रि में बुदबुद, एक पक्ष मे पिड वनकर माह भर में कठोर होता है। दो मास मे सिर, तीन मे पाव, चौथे मे घुटने, पेट और कमर, पांचवें में पृष्ठ रीढ, छठे में मुख, नाक, कान, नेत्र आदि, सातवें में जीवन, आठवे माह मे पूर्ण शरीर वनता है। शुक्र अधिक होने से पुत्र, रज की अधिकता से कन्या तथा दोनों की समानता मे नपुसक जन्मता है। आकुल मन गर्भाधान होने से सतान विकलाग होती है। वायु सपर्क से शुक्र के दो भागों में वटने पर जुडवां पैदा होते है। स्वस्थ पचात्मक शरीर में ज्ञानेंद्रिया और उसके विषय उत्पन्न होते हैं। जब वह अनश्वर प्रणव का चितन करता है, तव आठ प्रकृतिया तथा सोलह विकार पैदा होते है। फिर मा का खाया-पिया नाडियों से शिशु के शरीर में पहुचकर उसे तृप्त करता है। नवे मास में ज्ञानेंद्रियो आदि से पूर्ण हो जाता है। इस समय वह पूर्व जन्म को याद करता है। उसके शुभाशुभ कर्म उसके सामने आते हैं।

तव वह विचार करता है कि वह हजारों जन्म ले चुका है, अनेक प्रकार के भोजन कर चुका है तथा अनेक योनियों का दूध पी चुका है। अनेक वार जन्मा और मरा है। अनेक जन्मो के कर्मों को

देखकर अकेलेपन से दु खी होता है । भोगनेवाले शरीर तो नष्ट हो गए पर वह दु खी हो रहा है । गर्भ से निकलने पर दुष्कर्म निवारक मुक्तिदाता महेश्वर की शरण में जाऊगा, नारायण का आश्रय लूंगा, साख्य-योग की साधना करूंगा और ब्रह्म का चिंतन करूगा, ऐसा सोचता हुआ कष्ट से जन्म लेता है । जन्म लेते ही माया के स्पर्श से वह सब कुछ भूल जाता है ।

इसे शरीर क्यो कहते है ? क्योंकि इसमें भोजन पाचक जठराग्नि, दिखानेवाली दर्शनाग्नि तथा शुभाशुभ को प्रकट करनेवाली ज्ञानाग्नि है । इनके स्थान नियत है । आह्वानीय, गार्हपत्य तथा दक्षिणाग्नि क्रमश मुख, उदर तथा हृदय में रहती है । देह, आत्मा, मन, लोभ, धैर्य, ज्ञानेंद्रियां, सिर-कपाल-केश-दम-मुख क्रमश. यज्ञ, यजमान, ब्रह्मा, पशु, संतोष-रूपी दीक्षाए, हवि और अतर्वेदी है । सिर चतुष्कपाल तथा दतपक्तिया सोलह कपाल माने जाते है

सधिया, मर्म स्थान, स्नायु एव शिराएं क्रमशः एक सौ अस्सी, एक सौ सात, एक सौ नौ तथा सात सौ है । मज्जाए, हड्डिया तथा रोम क्रमश. पांच सौ, तीन सौ सात तथा चार करोड है । हृदय आठ पल, जिह्वा बारह पल, पित्त प्रस्थभर है । शुक्र कुडक एव भेद भी इतने ही है । यह एक परिमाण नियमित नही है, क्योंकि आहार परिणाम के अनुसार ही मूत्र पुरीष परिमाण भी है, जो सबमे समान नही है । पिप्पलाद ऋषि द्वारा प्रकट इस शास्त्र को मोक्ष शास्त्र कहा गया है ।

□

12. मुद्गलोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठा मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्य एधि। वेस्य मे आणीस्थ। श्रुत मे प्रहासी। अनेनाधीतेताहोरात्रासघ-धाम्यमृतं वदिव्याज्ञि। सत्य तन्मामवत् तद्वक्तारभवतु अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्। ॐ शाति शांति शाति ।

प्रथम खंड

पुरुष सूक्त अर्थ निर्णय की व्याख्या पुरुष संहिता में की गई है—

पुरुष सूक्त मे 'सहस्र शीषी' शब्द का अर्थ अनत सिरोंवाला है। 'दशागुलम्' भी अनत अर्थ का सूचक है। ऋचा में विष्णु को सर्वकालव्यापी कहा गया है। द्वितीय मे भी काल से यही व्याप्ति है। तृतीय मे उन्हे मोक्ष देनेवाला कहा है। इन सबमे विष्णु का वैभव वर्णित है तथा चतुर्व्यूह से संबंधित भगवान का स्वरूप वर्णन है। 'त्रिपाद' मत्र मे अनिरुद्ध का वैभव, 'तस्माद्विराड' से नारायण से प्रकृति की तथा पुरुष की उत्पत्ति दिखाई है। 'यत्पुरुषेण' से सृष्टि रूप यज्ञ को बढाकर 'सप्तास्या' में सृष्टियज्ञ की समिधा का वर्णन है, 'त यज्ञम्' इसी यज्ञ की पुष्टि तथा मुक्ति का, 'तस्माद' से सात मंत्रों तक विश्व रचना वर्णित है। 'वेदाहम्' इन दो मत्रों से हरि का वैभव, 'यज्ञेन' से उपसहार और सृष्टि का मोक्ष कहा गया है। इसे जाननेवाला भी मुक्त हो जाता है।

द्वितीय खंड

मुद्गलोपनिषद् में पुरुष सूक्त का वैभव विस्तार से प्रतिपादित है। भगवान वासुदेव ने यह उपदेश शरणागत इंद्र को सूक्ष्म तत्त्व समझाने के लिए यहा दो खडों में दिया है।

इन दोनों मे वर्णित नाम रूप से परे वह पुरुष विश्व के प्राणियों के समझने से बाहर है। अत यह अगम्य ईश्वर यहां देवता आदि प्राणियों के कल्याण के लिए अनत कलामय रूप में वर्णित है। इसके दर्शनो से ही मुक्ति मिलती है। अत त्रिकालात्मक नारायण पुरुष रूप में स्थित है। वे सभी महिमाशालियों में श्रेष्ठ और सभी प्राणियो के मुक्तिदाता हैं।

वह स्वयं को चतुर्विध करके तीन पादों से आकाश में स्थित होते है। चौथे अनिरुद्ध नारायण नामक अश से जगत की सृष्टि हुई।

इस चौथे चरण से जगत रचना में सर्वप्रथम प्रकृति को उत्पन्न किया। प्रकृतिरूपी ब्रह्मा देहयुक्त होकर भी सृष्टिकार्य न जान पाए तब अनिरुद्ध नारायण ने उन्हें इसका उपदेश दिया— हे ब्रह्मा यज्ञकर्ता के रूप में अपनी इंद्रियों का चिंतन करते हुए कमलकोश से उत्पन्न स्वदेह को हवि, मुझे अग्नि, वसत ऋतु को घृत, ग्रीष्म को समिधा और शरद को रस मानो इससे तुम्हारी देह वज्र से भी कठोर हो जाएगी और समस्त प्राणी तथा चराचर सृष्टि दीखेगी। इसी प्रकार जीव एव आत्मा के योग से मोक्ष भी कहा गया है। यह सब जाननेवाला पूर्णायु होता है।

तृतीय खंड

एक ही देव अनेकों में प्रविष्ट होकर बहुधा उत्पन्न होता है ।

अग्नि रूप में अध्वर्य तथा यजुर्वेदीय उसे यजुषु मानते हुए क्रमश.उपासना एव यज्ञ करते है । सामगायक उसे साम मानते है । यह सब विश्व उसी मे स्थित है । सर्प, सर्पविद, देवता, अप्सराए, उपासक एवं पितर उसे क्रमश विष,प्राण,अमृत,गधर्व,देवता एवं स्वधा मानकर नाना रूपो मे ग्रहण करते है । यह उपासना करने पर भावना के अनुरूप ही प्राप्त होता है । अत ब्रह्मवेत्ता अपने पुरुष रूप में इसे मानते है । यह भावना उसे ऐसा ही बना देती है । इस रहस्य का ज्ञाता भी तद्रूप उसी के समान हो जाता है ।

चतुर्थ खंड

ब्रह्म तीनों तापों से परे, छ. कोष रहित, छ. उर्मियों, छ विकारो तथा पांच कोशो से बाहर है । आत्मिक, भौतिक तथा दैविक, ये तीन ताप हैं चर्म, मांस, हड्डी, नाड़ी एव मज्जा, ये षडकोष है, काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह तथा मात्सर्य यह छ. शत्रु है । प्राण, मन, अन्न, आनंद तथा विज्ञानमय, यह छ कोश हैं । प्रियता, कटुता, वृद्धि, परिवर्तन, विकास एवं घटना, ये छः विकार है तथा कुल, गोत्र, जाति, वर्ण, आश्रम एव रूप ये छ भ्रम है । इनसे युक्त होकर परम पुरुष जीव बनता है ।

इस उपनिषद् का नित्य अध्ययनकर्ता अग्नि, वायु तथा सूर्य से पवित्र हो जाता है । वह नीरोग तथा पुत्र, धन आदि से युक्त होकर पापो से छूटकर इसी जन्म मे पुरुष रूप हो जाता है ।

अत· यह पुरुष सूक्त अति गोपनीय तथा रहस्यमय अर्थवाला है । अदीक्षित, अजिज्ञासु विद्वान, यज्ञहीन, अवैष्णव, अयोगी, कटुभाषी, बहुभाषी, वर्ष मे एक बार भी वेद नै पढनेवाला एवं असतोषी, इनको इसका उपदेश न दें ।

विद्वान गुरु पवित्र स्थान पर बैठकर प्राणायाम करते हुए पुण्य नक्षत्र मे परमेश्वर का ध्यान करते हुए, विनम्रता से आए हुए शिष्य के दाहिने कान में इसका उपदेश दे, अधिक बोलकर उपदेश दूषित हो जाता है । वार-वार कान मे ही बोले । इस प्रकार गुरु-शिष्य दोनो ही पुरुष रूपी बनते है ।

□

प्रथम खंड

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

एक बार भगवान संस्कृति ने आदित्य लोक जाकर सूर्य की स्तुति की— 'ॐ' भगवान सूर्य जो नेत्रो के तेज है, गगनचर है, महान सेनावाले है, तमोरूप, रजोरूप, सत्त्वरूप आदि है, उन्हे मेरा नमस्कार है। मुझे असत् से सत् की ओर, तम से ज्योति की ओर तथा मृत्यु से अमृत्व की ओर ले जाओ। सूर्य भगवान पवित्र रूप, शुचि रूप एवं प्रतिरूप है। विश्वरूप, राशि मालाओ से शोभित, स्वर्ण सदृश, ज्योतिरूप एवं तापरूप सूर्य का हम स्मरण करते है। उस सब प्राणियो मे उदीयमान, सहस्त्रांशु बहुविध विद्यमान, नेत्रज्योति अदिति पुत्र को नमस्कार है। उस विश्व को वहन करनेवाले को हमारा सव कुछ समर्पित है।' इस चाक्षुष्यती स्तुति से सूर्य अति प्रसन्न होकर बोले, 'इसका नित्य पाठकर्ता ब्राह्मण आंखो का रोगी नही होता तथा उसके वंश में कोई अधा नही होता। आठ ब्राह्मणों को दीक्षा देने से इस विद्या की सिद्धि होती है। इसे जाननेवाला महानता को प्राप्त होता है।'

द्वितीय खंड

तब सांस्कृति ने सूर्य से ब्रह्मविद्या की याचना की। सूर्य बोले, 'सांस्कृति । मै तुम्हें दुर्लभ तत्त्वज्ञान देता हूं। इससे तुम जीवन-मुक्त हो जाओगे। सभी प्राणियो को एक अजन्मा, शात, अनश्वर, अनंत, ध्रुव तथा चैतन्य मानकर शाति एव सुख से रहते हुए आत्मा एव परमात्मा के अलावा किसी वस्तु को न देखना योग है। अत योगानुरूप कर्म करो। इससे अंतःकरण दिन-प्रतिदिन वासनाओं से दूर होता है। गवारों के कर्मो से इसका कोई संवध नही है। वह किसी की गुप्त वातों को सुनकर किसी से नही कहता तथा श्रेष्ठ कर्म ही करता है। (1-5)

उत्तेजक वचन न बोलनेवाला, सौम्यकर्मी, पापभीरु निर्व्यसनी, मधुरभाषी, वाणी-कर्म से सज्जनों का अनुगामी, सद्ग्रथों का अध्येता एव तदनुकूल आचरणवाला, मोक्ष का इच्छुक व्यक्ति भूमिकावान् कहा जाता है। विचार योग-भूमिकावाले के लक्षण इस प्रकार है। (6-10)

वह श्रुति, स्मृति, सदाचार, धारणा, ध्यान, कर्म के श्रेष्ठ व्याख्याकारों का आश्रय ग्रहण करता है, उचित शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त करके कर्तव्य-अकर्तव्य को जानकर, पद-पदार्थों के विभाग को समझकर, मद, मोह आदि से दूर चित्तवाला (किंतु वाह्य रूप में इनकी तनिक उपस्थिति रहती है) सर्प की केंचुल के समान वाह्य दोषों को त्याग देनेवाला साधक शास्त्र, गुरु एव सज्जनो की सेवा से यथार्थ ज्ञान पाता है। (11-13)

तब योग की असंसर्गा नामक तृतीय भूमिका मे प्रविष्ट होता है। अपनी निश्चल मति को शास्त्रों के वास्तविक अर्थ में लगाकर तपस्वियो के आश्रमों में रहकर, अध्यात्म चर्चा करता हुआ शिलाओं के आसन पर स्थित होकर आयु के अंतिम भाग को बिताता है। सुखों से दूर रहकर सत्शास्त्रो के अध्ययन और पुण्य कार्यो से यथार्थज्ञान प्राप्त होता है। इस भूमिका की प्राप्ति पर साधक प्रबुद्ध हो जाता है। (14-19)

सामान्य एव श्रेष्ठ, असंसर्ग के ये दो भेद होते है। कर्ता, भोक्ता, बाध्य, बाधंक भावो से मुक्ति सामान्य असंसर्ग है। जो कुछ भी सामने है, सभी पूर्व जन्म के कर्मफल है, सुख-दु ख समान है, भोगादि रोगों के समान आपत्ति देनेवाले है, नश्वर है, मानसिक चिंताएं अज्ञान का लक्षण है, सभी पदार्थ कालग्रास बनेंगे, समझने पर भी शास्त्रोपदेश के प्रति अनास्था मन मे उनका अभाव बताता है, यह सब सामान्य असंसर्ग है। मेरे कर्म ही कर्ता है, मै नही; अथवा परमात्मा ही कर्ता है, इस प्रकार के विचारो से चितामुक्त होने पर मौन, आसन तथा शांत भाव की प्राप्ति श्रेष्ठ असंसर्ग है।(20-26)

सतोष, आमोद तथा मधुरता रूपी प्रथम भूमिका के प्रकट होने पर अंतःकरण से अमृत के अकुर फूटने की अनुभूति होती है। इसके बाद अंतःकरण अन्य भूमिकाओ की जन्मभूमि बनता है। तब साधक द्वितीय एव तृतीय भूमिका प्राप्त करता है। तीनो मे तीसरी भूमिका उत्कृष्ट है। इसके उदय से इच्छारूप वृत्तिया नष्ट हो जाती हैं। तीनो भूमिकाओं का साधक चौथी में प्रवेश करने पर समदर्शी हो जाता है। अद्वैत भावना के दृढ होने पर द्वैत भाव स्वत नष्ट हो जाता है। इस भूमिका को प्राप्त साधक इस लोक को स्वप्न समान मिथ्या मानता है, अत. प्रथम तीन भूमिकाएं जागृत तथा यह चतुर्थ भूमिका स्वप्न कहलाती है। (26-32)

पाचवी भूमिका में साधक का चित्त बादलहीन शरद कालीन आकाश के समान निर्मल हो जाता है। तब सत्य ही शेष रहता है। सांसारिक विषय उत्पन्न नही होते। सभी भेद शांत हो जाते हैं तथा अद्वैत अवस्था रहती है। सुषुप्तिपद नामक पचम भूमिका साधक को आत्मरूप बना लेती है। बाह्य व्यवहारों के रहने पर भी वह सदा थका और सोया-सा दीखता है। इसकी सिद्धि पर वह छठी भूमिका में आता है। तब सत्-असत् 'मै हूं, 'नही हूं' इत्यादि मननहीन बुद्धि होती है। इस विशुद्ध अद्वैत अवस्था मे वह निर्भय होकर हृदयग्रंथि खुलने पर संदेहहीन तथा भावशून्य हो जाता है। यह बिना निर्वाण के (मोक्ष के) भी निर्वाण जैसी जीवनमुक्त अवस्था है। यह निश्चल दीपक जैसी अवस्था है। इसके बाद 'विदेह मुक्त' नामक सातवीं योग भूमिका आती है। (33-40)

विदेह मुक्ति नामक सातवी अवस्था अवर्णनीय शांत तथा अंतिम योग भूमिका है। इसमें शरीर, लोक तथा शास्त्र के आचार-विचार नष्ट हो जाते है। विश्व, प्राज्ञ आदि रूप यह सब ओकार ही है, इसमे वाच्य-वाचक-भेद नष्ट हो जाता है। इस भाव के रहते यह अवस्था नही आती। ओम (अ + उ + म) की प्रथम मात्र 'अ' विश्व, 'उ' तेजस् तथा 'म्' प्राज्ञ है। समाधि पूर्व प्रयत्न से इसे विचारे तथा स्थूल एवं सूक्ष्म को क्रमशः आत्मलीन करे। चिदात्मक को आत्मरूप मानते हुए 'मै नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सत्, असत्, अद्वितीय, परम आनंदमय, वासुदेव तथा ओम् हूं। सपूर्ण सृष्टि आदि, मध्य तथा अत में दु खद है। मैं आनंदमय, निर्मल, विशुद्ध, अविद्या अधकार रहित, आभासहीन, वाणी एव मन की पहुच से दूर, प्रज्ञानघन ब्रह्म हू।' ऐसा मानते हुए स्थित रहे। (41-48)

□

14. अध्यात्मोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

शरीरस्थ गुहा में एक अजन्म 'नित्य' रहता है । इसका शरीर पृथ्वी है । पृथ्वी के भीतर रहते हुए भी पृथ्वी इसे नही जानती । इसी प्रकार जल, तेज, वायु, आकाश, मन, बुद्धि, अहकार, चित्त, अव्यक्त, अक्षर और मृत्यु इसके शरीर है, यह इन सबके अंत मे रहता है, किंतु यह सब इसे नही जानते है । वह सब भूतों (प्राणियों) का अतरात्मा है, वह नष्ट पाप एक दिव्य देह नारायण है । देह तथा नेत्र आदि इंद्रिया सब आत्मक पदार्थ है । इन सबमें 'मै और मेरा' ऐसी भावना केवल भ्रम है । विद्वान जन ब्रह्मनिष्ठा से इस भ्रम को दूर करे (1) ।

स्वयं को बुद्धि तथा उसकी वृत्तियों को साक्षी समझकर 'मै वही हू' इस वृत्ति से अपने अतिरिक्त सब पदार्थो के प्रति अपना भाव (आत्मबुद्धि) त्याग दें । क्रमश लोक, देह और शास्त्र का अनुसरण छोडकर अत में आत्मा का अभ्यास भी छोड़ दे । युक्ति, श्रुति एव स्वानुभूति से सभी को आत्मा में जानकर स्थित योगी का मन नष्ट होता है । निद्रा, लोकवार्ता, शब्द आदि से अपने को भूलना, इन्हें अवसर न देकर स्वयं आत्मा का चितन करो । (2-5)

यह देह मा-बाप के मल से उत्पन्न तथा मल-मांस से भरा हुआ है, अत इसको चाडाल के समान त्यागकर ब्रह्म बनकर कृतार्थ होओ । परमात्मा रूप महाकाश मे आत्मारूप घडे को एक रूप करके, हे मुनि सदा मौन रहो । स्वयं प्रकाशित स्वयंजन्मा परम ब्रह्म बनकर देह, अडकोश तथा ब्रह्मांडका भी मलपात्र के समान त्याग कर दो । देह, में आरूढ अहंकार को सदा आनंद रूप चिदात्मा में लगाकर शरीर को त्यागकर 'केवल' भाव बनो । दर्पण में दिखनेवाले शहर के समान जिसमे यह जगत दिखाई देता है, 'मै वही ब्रह्म हूं', ऐसा जानकर कृतार्थ बनो । (6-10)

अहंकार रूपी ग्रह से छूटा व्यक्ति अपने रूप को प्राप्त करके पूर्णद्र के समान निर्मल होकर सदा आनंद एव स्वयंप्रभ बनता है । क्रिया, चिंता एवं वासना का एक के बाद एक क्रम से नाश होता है । यही मोक्ष एवं जीवन मुक्ति कहलाती है । सर्वत्र सब में ब्रह्म को देखना—इस भावना के दृढ होने पर वासना नष्ट हो जाती है । ब्रह्मवादियों का कथन है कि विद्या में तथा ब्रह्मनिष्ठा मे प्रमाद कदापि नही करना चाहिए, क्योंकि यही मृत्यु है । जैसे थोड़ा शैवाल हटा देने पर भी वह पानी को ढंक लेता है, इसी प्रकार ब्रह्मविमुख प्राज्ञ को भी माया पुन ढंक लेती है । (11-15)

जिसे जीते जी 'केवल' ब्रह्मनिष्ठा प्राप्त हो गई, वह देहात पर भी ब्रह्मरूप बनेगा, अत है निर्दोष । निर्विकल्प समाधिवाले बनो । निर्विकल्प समाधि में अद्वैत आत्मा के दर्शन होने पर अज्ञान ग्रथि नष्ट हो जाती है । आत्म तत्त्व को दृढ करते हुए, 'मैं' 'मेरा' इन भावों को त्यागते हुए घडे वस्त्र आदि के समान उदासीन रहें । ब्रह्मा से कीड़े तक सारी उपाधिया मिथ्या हैं । अत एकात्मा स्थित

होकर सर्वत्र अपनी आत्मा का दर्शन करना चाहिए। ब्रह्मा, विष्णु, इंद्र, शिव तथा यह समस्त जगत वह 'स्वय' है, इससे भिन्न कुछ भी नही। (16-20)

स्वय की आत्मा मे समस्त वस्तुओं का आभास केवल आरोपित है, अत इसे दूर करके ही पूर्ण अद्वैत परमब्रह्म बना जा सकता है। एक ही आत्मारूप वस्तु में प्रतीयमान विकल्प भेद मिथ्या है, क्योंकि निराकार, निर्विका (परमात्मा) दर्शन, दर्शद आदि गुणो से शून्य है। वह निर्दोष तथा प्रलय कालीन समुद्र सदृश पूर्ण है। परम तत्त्व के दर्शनो पर भ्राति, प्रकाश मे अंधकार के समान लुप्त हो जाती है। अद्वितीय परम तत्त्व मे भेद कैसे हो सकते है। वह एक स्वसूप तथा सुखरूप ही है। (21-25)

इस वैकल्य का मूल चित्त है, चित्त के अभाव में विकल्य नही रहता। अत प्रत्यग रूप परमात्मा में चित्त को लगाओ। अखड आनदमय आत्मा को अपना ही स्वरूप समझते हुए इस आत्मा के अदर वाहर आनंद-रस का आस्वाद ले। वैराग्य का फल ज्ञान, ज्ञान का उपरति, उपरति का आत्मानद के अनुभव की शांति है। उनकी उत्तरोत्तर प्राप्ति न होने पर पूर्व फल व्यर्थ है। विषय निवृत्ति परम तृप्ति है। आत्मा का आ नंद स्वयं में अनुपम है। जगत का कारण माया, उपाधिवाला सर्वज्ञाता आदि मुक्त है। परोक्षता सत्य आदि स्वरूप आत्मा ही सत् है। (26-30)

'मै' इस शब्द का अनुभव तथा शब्द का आश्रय प्रतीत होनेवाला, जिसका ज्ञान अत करण से अलग है, ऐसा जीव 'तुम' कहा जाता है। माया एव जीव इन दो उपाधियो के परित्याग पर केवल परम ब्रह्म ही दिखाई पडता है। इस प्रकार 'वह तू ही है, इस प्रकार के महावाक्यो से जीव एव ब्रह्म की एकता को विचार कर अनुसधान श्रवण है, श्रवण पर विचार करना मनन है। इन दोनो से निकले निष्कर्ष मे चित्त को लगाना निदिध्यासन है। फिर ध्याता-ध्येय में अभेद करके चित्त को केवल ध्येय में लगाकर वायु हीन स्थान पर रखे दीपक के समान निश्चल बन जाना ही समाधि है। (31-35)

इस समाधि मे वृत्तिया अज्ञात तथा आत्मागोचर होती है। समाधि के बाद उठने पर उत्पन्न वृत्तियों का अनुमान किया जाता है। इस अनादि संसार में करोड़ कर्मो का सचय होता है, समाधि से इनका विलय होकर शुद्ध धर्म बढता है। समाधि योग को जाननेवाले इसे धर्म मेघ कहते है। इसमे हजारों धाराओं मे धर्मामृत बहता है। इससे वासना का जाल समूल नष्ट होता है, पाप-पुण्य भी नही रहते। तव प्रथम महावाक्य 'तुम वही हो' (तत्त्वमरसि) का परोक्ष आभास होता है, फिर हाथ मे रखे आवले के समान अपरोक्ष ज्ञान उत्पन्न होता है (36-40)।

भोग्य पदार्थों के प्रति वासना का न होना वैराग्य का तथा 'अह' का उदय न होना ज्ञान का लक्ष्य है। लीन हुई वृत्तियों का पुन उदय न होना उपरति है। इस प्रकार स्थितप्रज्ञ यति सदा आनदित रहता है। ब्रह्म में लीन मनवाला निर्विकार एव निष्क्रिय रहता है। शोधित ब्रह्म एवं आत्मा-एकत्ववाली निर्विकल्प वृत्ति प्रज्ञा है। इससे युक्त साधक जीवन मुक्त कहा जाता है। देह, इंद्रियों अथवा अन्य पदार्थों के प्रति निर्ममत्व भी जीवनमुक्तता है। (41-45)

जीव-ब्रह्म में, ब्रह्म-सृष्टि में जिसकी बुद्धि अभेद समझती है, वह तथा सज्जनों द्वारा सम्मानित और दुष्टों द्वारा दुखी किए जाने पर जो दोनों को समान समझनेवाला जीवन मुक्त है। ब्रह्म तत्त्व को

जानने पर संसार पूर्ववत् नही प्रतीत होता। यदि यह पूर्ववत प्रतीत हो, तो वह अभी तक ब्रह्म को नहीं जानता, वह केवल बहिर्मुखी है। प्रारब्ध कर्म तक सुखादिका अनुभव होता है; यही मान्यता है, क्योंकि क्रिया होने पर ही फल का उदय होता है, इसके बिना कदापि नही, मैं ब्रह्म हू (अहं ब्रह्मास्मि), के ज्ञान से अरबों कल्पों के जन्म से अर्जित कर्मो का वैसे ही नाश हो जाता है, जैसे उठने पर स्वप्न का।(46-50)

स्वयं की आकाश के समान असंग और उदासीन समझकर योगी कर्म मे बिलकुल लिप्त नही होता। जैसे मदिरा के घडे के ऊपर का आकाश उसकी गध से युक्त नही होता, वैसे ही आत्मा उपाधि के गुणों से लिप्त नही होता। जैसे लक्ष्य पर छोडा गया तीर उसे बिना बेधे नही छोडता, वैसे ही ज्ञान-प्राप्ति से पूर्व किया कर्म बाद में फल देता ही है। व्याघ्र के उद्देश्य से छोडा गया तीर जैसे यह व्याघ्र नही गाय है ऐसा जानकार भी उसे नही छोड़ता, ऐसे ही कृतकर्म ज्ञान-प्राप्ति के बाद भी फल देता ही है। मै अजर-अमर हूं जिसे यह ज्ञान हो जाता है, उसे प्रारब्ध कर्मो की कल्पना कैसे होगी ? (51-60)

देह के ऊपर आत्मबुद्धि होने पर ही प्रारब्ध कर्म सिद्ध होता है। देह के प्रति आत्मभाव रखना इष्ट नही है, अत इसे त्यागकर प्रारब्ध का त्याग करे। देह भ्रांति प्राणी के प्रारब्ध के कारण है। अत यह कल्पित है, सत्य नही। असत्य का जन्म कैसे ? अजन्म का नाम कहा से आया ? अत जो है नही उसे प्रारब्ध कैसे ? देह अज्ञान का कर्म है। यदि ज्ञान से अज्ञान समूल नष्ट हो जाए, तो देह कैसे ? ऐसी शंका का समाधान यह है कि वेदो ने प्रारब्ध को बाह्य दृष्टि से कहा है, न कि विद्वानो के उद्देश्य से 'देह सत्य है' यह जानने के लिए। (56-60)

वस्तुत ब्रह्म परिपूर्ण, अनादि, अनत, अप्रमेय, अविकारी, सत, धन, चिन्मय नित्य, आनदधन अव्यय, प्रत्येक मे व्यापक, सर्वतोमुख, त्याग एव ग्रहण में असमर्थ, निराधार, निराश्रय, निष्क्रिय, सूक्ष्म, निर्विकल्प स्वयं सिद्धि, शुद्ध, बुद्ध स्वय जैसा, मन-वाणी से अगम्य, एक अद्वैत है। उसके अतिरिक्त कोई भी नही है। इस प्रकार स्वयं के अनुभव से अपनी आत्मा को अखडित मानकर निर्विकल्पक आत्मा में सुख से म्थित। (यह सुनकर ज्ञान प्राप्त शिष्य बोला— मेरे द्वारा अभी देखा गया जगत कहां गया ? किसने ले लिया ? कहा लीन हो गया ? क्या यह महान् आश्चर्य नही है ? (61-66)

अखड आनंदरूपी ब्रह्म सागर में अब क्या छोडना या क्या लेना है ? न कुछ देखता हू, न सुनता हूं और न जानता हू। मै आत्मस्वरूप सदा आनंदरूप अपना लक्षण स्वयं हू। मैं अमग हू, अनंग (देहरहित) हूं, चिह्नहीन हू, श्री हरि हू, प्रशात हू, अनंत हूं, परिपूर्ण हू और प्राचीनतम हू। मै अकर्ता, अभोक्ता, अविकारी, अनश्वर, शुद्ध बोधस्वरूप, केवल और शिव हू(67-70)।

यह विद्या गुरु ने अपांतरतम को, इसने ब्रह्मा को, ब्रह्मा ने घोरागिरस को घोरांगिरस ने रैक्य को, रैक्य ने राम को तथा राम ने सभी को दी। यह निर्वाण का उपदेश वेद की आज्ञा है। □

15. मैत्रायणी उपनिषद्

शांतिपाठ :

अध्यायतु ममागनि वाक्प्राणचक्षुष क्षोत्रमथो वामिद्रियाणि सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषद माह ब्रह्म
निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोद निराकरणमस्त्व-निराकरण मेऽस्तु तदात्मनि निरतेय
उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि संतु ।

ॐ शाति. शाति शाति

प्रथम प्रपाठक

शरीर की अनित्यता का ज्ञान होने पर वृहद्रथ राजा राज्यभार ज्येष्ठ पुत्र को सौपकर वैराग्य धारण कर वन में चला गया । वहा वह हाथ ऊपर करके सूर्य की ओर आंखे करके कठिन तप करने लगा । एक हजार वर्ष की तपस्या के फलस्वरूप अतितेजस्वी आत्मवेत्ता शाकायन्य ऋषि उसके पास आए । उन्होने राजा से वर मागने को कहा । राजा ने आत्मज्ञान का वरदान मांगा । ऋषि ने कहा कि वह प्राचीनकाल से ही कठिन माने जानेवाले इस वर को छोडकर कोई और वर मागे । यह सुनकर राजा शाकायन्य के चरणों में गिरकर बोले (1) –

भगवन यह शरीर अस्थि, चर्म, स्नायु, मज्जा आदि से युक्त और दुर्गधयुक्त नि सार है, तब विषय-भोग व्यर्थ है । वह काम, क्रोध, भय, दुख, भूख, बुढापा, मरण आदि से पीडित है, नाशवान है । अनेक लोग मरते है । मच्छर आदि तुरत मर जाते है । इनकी तो गणना ही क्या है, बडे-बडे वीर सुद्युम्न, भूरद्युम्न, इद्रद्युम्न आदि चक्रवर्ती सम्राट भी अपने बांधवों और लोको के ऐश्वर्य को त्यागकर परलोक चले गए । मानव ही नही, गधर्व, असुर यक्ष आदि भी नाशवान है । यही नही, समुद्र सूख जाते हैं, पर्वत टूट जाते है, ध्रुव, पृथ्वी, देवगण आदि भी स्थिर नही रहते । तब 'अह' भरे जगत के विषयों से क्या लाभ ? इनमें आसक्त बार-बार जन्म-मृत्यु के चक्र मे फंसा रहता है । मै भी कुएं के मेढक के समान जगत के अधकार में पड़ा हू । मै आपका शरणागत हू, मेरे आधार बनकर रक्षा कीजिए । (2-7)

द्वितीय प्रपाठक

यह सुन अत्यंत प्रसन्न हो ऋषि बोले, 'वृहद्रथ, तुम इक्ष्वाकु वंशीय ध्वजशीर्ष राजा के मरुत नाम मे प्रसिद्ध पुत्र हो । तुम धन्य हो । मैं यह आत्मविषय तुम्हें समझाता हूं । बाह्य इद्रियो को रोधने मे प्राणरूपी आत्मा ऊपरिगामी बनता है । दुखी प्रतीत होने पर भी यह दुःखरहित एव अंधकार नाशक होता है । देह से बाहर निकलने पर यह ज्योतिरूप ब्रह्म को प्राप्त करके अपना स्वरूप पाकर स्थिर बनता है । यह आत्मा अमृतरूप, अभय और ब्रह्म है । (1-2)

समस्त उपनिषदों की इस ब्रह्मविद्या को मुझे भगवान मैत्रेय ने दिया, मै तुम्हें देता हू । नष्टपाप, अतितेजस्वी, ब्रह्मचारी वालखिल्य नामक मुनि ने एक बार ब्रह्मा से पूछा, 'गांडो के समान यह

अचेतन शरीर किस अतींद्रिय पदार्थ की महिमा से चेतन जैसा हो जाता है। किसकी प्रेरणा से यह सब होता है।' ब्रह्मा बोले, 'जो वाणी से परे है, वह शुद्ध, पवित्र, शून्य, शांत, अप्राण, जीवनदाता इत्यादि गुणोवाले आत्मा की ही यह महिमा है। वही इसका प्रतिष्ठाता और प्रेरक है।' (3-4)

इस पर बालखिल्य ने फिर पूछा, 'इच्छारहित होने पर भी यह आत्मा शरीर मे चैतन्य रूप मे कैसे रहता है? क्यों इसकी प्रेरणा देता है? इसकी महिमा कैसी है? ब्रह्मा बोले, 'आत्मा सूक्ष्म, अग्राह्य एव अदृश्य है, पुरुष संज्ञक है। सोते हुए को वह अपने एक अंश की क्रिया से जगाता है। यही अंश प्राणियो मे जीवात्मा बनता है। प्रत्येक शरीर में वही क्षेत्रज्ञ है, तेज, सकल्प प्रज्ञान, अहकार और प्रजापति रूप मे सबको देखता है। उसी से यह शरीर सचेतन है तथा प्रेरणा पाता है।' बालखिल्य ने फिर पूछा, 'अखड होने पर यह अश रूप में कैसे रहता है?' ब्रह्मा बोले, 'सर्वप्रथम प्रजापति ही था। एकात से ऊबकर उन्होंने आत्मा का ध्यान किया। अनेक प्रकार की प्रजा बनाई। यह अचेतन प्रजा उन्हे स्तभ जैसी लगी। यह अच्छा न लगने पर इसे सचेतन करने के लिए उनमे प्रवेश किया। अत. एक ही प्राण के (प्राण, अपान, व्यान, उदान एवं समान यह) पांच भेद हो गए। (5-6)

उर्ध्वगामी प्राण है, अधोगामी (मलद्वार से पहुचनेवाली वायु) अपान है, समस्त नाडियो मे व्याप्त है, वह व्यान है। खाने-पीने मे ऊपर-नीचे गतिवाला समान है जिससे ये समस्त व्याप्त है, वह व्यान है। बीच की अत्यंत मद उष्णता पुरुष है। यही वैश्वानर अग्नि है। अन्यत्र भी इसे वैश्वानर अग्निपुरुष कहा है। यह भोजन पचाता है। शरीर में कान बद करने पर सुनाई देनेवाली ध्वनि, जो प्राणात पर नही प्रतीत होती इसी की ध्वनि है। (7-8)

यह आत्मा पाच रूपो से हृदय गुहा मे स्थित है। यही सत्य सकल्पवाला मन, प्राण आदि रूप भी है। इस प्रकार यह वहां रहकर अपने को कृतार्थ करने हेतु पांच द्वारो से प्रकट हुआ। ये द्वार पाच इद्रिया बनी। यह पाच कर्मेद्रिया लगाम, शरीर रथ, मन सारथी और स्वभाव चाबुक है। इस चाबुक से शरीर चक्र की तरह घूमता है। अत आत्मा ही शरीर का प्रेरक है। लगता है शरीर का वशीभूत आत्मा शुभाशुभ कर्मो के बधनों से अनेक देहो में घूमता है। किंतु वस्तुत वह अव्यक्त सूक्ष्म, अदृश्य, अग्राह्य तथा ममत्वहीन है, कर्ता जैसा प्रतीत होता है। यह शुद्ध, स्थिर, आसक्ति-दु ख, इच्छारहित दर्शक की तरह कर्मफलों का भोक्ता जान पडता है और उसने अपने रूप को त्रिगुणात्मक वस्त्र से आवृत्त किया हैं। (9-11)

तृतीय प्रपाठक

इस पर बालखिल्य ने पूछा, 'यदि आत्मा ऐसी महिमायुक्त है, तो शुभाशुभ कर्मों मे अच्छी-बुरी योनियों में भ्रमण करनेवाला आत्मा क्या कोई अन्य ही है? सुख-दुख के वशीभूत कौन आत्मा अच्छी और कौन बुरी गति को प्राप्त होता है?' इस पर ब्रह्मा बोले, 'शुभाशुभ कर्मों मे दबा वह भूतात्मा कहलाता है। इन भूतों का समुदाय ही शरीर है, अत शरीर भूतात्मा कहलाता है। इसमें स्थित आत्मा कमलपत्र में स्थित जलबिंदु की तरह है। प्राकृतिक गुणों मे अभिभूत होकर यह मूर्खता से अपने प्रेरक को नही देख पाता। इन गुणों मे यह पापी अग्नियपजर लोलुप विषयो की

इच्छावाला अहंकारयुक्त हो जाता है। 'मै' और 'मेरा' ऐसा मानने से यह पक्षी की तरह जाल मे फस जाता है। अपने कर्मफलों से फसा घूमता रहता है। (9-12)

अन्यत्र कहा गया है कि कर्ता तो भूतात्मा ही है। अतःस्थ शुद्ध आत्मा केवल प्रेरक है। जैसे लोहार अग्नि से लोहे को अनेक रूपो में बना देता है, इसी प्रकार आत्मा भूतात्मा को अनेक प्रकार से बनाता है, चौरासी लाख योनियों में घुमाता है। यही अनेकता है। जैसे चक्र घुमानेवाला कुम्हार चक्र से अलग रहता है। वैसे ही पुरुष भी अन्य है। गर्म लोहे को पीटने से अग्नि मे कुछ नही होता, इसी तरह भूतात्मा के सपर्क से आत्मा दोषी नही है। कहा भी गया है कि स्त्री-पुरुष ससर्गजन्य यह देह चेतना रहित तथा नरक का द्वार है। यह मूत्र मार्ग से जन्मा हड्डियो का ढाचा सास से पिया, चर्म से गढा, मल-मूत्र आदि से भरा है, अन्य अनेक मलोवाली वस्तुओ का कोश है। (3-4)

दूसरी जगह कहा गया है कि दुःख, क्रोध, दीनता आदि विकारो से भरा हुआ, तृष्णा, स्नेह राग, लोभ आदि का आश्रय है। विषयासक्ति आदि रजोगुण के विकारो से भी यह युक्त है। इन्ही सबसे यह पराभूत होकर अनेक रूपो को प्राप्त होता है। (5)

चतुर्थ प्रपाठक

यह सुन अत्यत विस्मित बालखिल्य बोले, 'भगवन नमस्कार हो। आप ही हमारी शरण है, कोई अन्य नही। अत बतलाइए कि इस भूतात्मा की स्थिति क्या है, जिससे यह सबको छोडकर आत्मा में ही सायुज्य पाता है ? ब्रह्मा बोले, 'जैसे नदियो मे तरगें होती है, तट पर वे समाप्त होती है, वैसे ही इसे पूर्वकर्मो का फल भोगना होता है, इसके लिए मृत्यु आवश्यक है। यह कर्मबंधनो से पशु जैसा बधा है। अत यह सदा भयभीत रहता है। विषय सुखो की मदिरा से उन्मत्त बनता है। पाप के भूत से यह भटकता रहता है, साप के कोटर समान दुःखी, विषय इच्छा से अधा, माया रूपी जादू से मिथ्या, केले के वृक्ष के अदर की तरह खाली, नट की तरह नितक्ये वेशधारी, चित्र की तरह बाहर से ही सुदर होते हुए भी रूप, रस आदि विषयो में डूबे भूतात्मा को अपना रूप याद नही आता। इसकी मुक्ति के लिए ज्ञान प्राप्ति हेतु धर्माचरण एव आश्रम धर्म का पालन हो, क्योंकि अपना धर्म ही सर्वस्व है। इसी से यह उन्नति प्राप्त करता है, वेदो के अनुसार स्वधर्म त्यागी अधर्मी है। आश्रम धर्म का पालक तपस्वी है। जो तपस्वी नही है, उसका ध्यान आत्मा मे नही लगता। अत वह कर्म शुद्ध नही होता। तप से क्रमश ज्ञान, मन पर सयम तथा आत्मा की प्राप्ति होती है। अंतत ससार से मुक्ति मिलती है।(1)

जैसे ईधन की समाप्ति पर अग्नि स्वयं शात हो जाती है, वैसे ही वृत्ति नाश पर चित्त उत्पत्ति स्थान पर शात हो जाता है। फिर ज्ञान प्राप्ति पर सत्याभिमुख होने पर कर्म के वशीभूत इद्रिय विषय इसे मिथ्या लगते है। चित्त ही ससार है, अत. इसे प्रयत्न से शुद्ध करे, इसके अनुरूप ही गति मिलती है। चित्त की शाति पर कर्मनाश के बाद आत्मा में लय होने पर अनश्वर आनद मिलता है। चित्त विषयों के स्थान पर यदि उतना ब्रह्म में लगे, तो बधनमुक्ति अवश्यंभावी है। (2-5)

मन शुद्ध और अशुद्ध द्विविध है, जो क्रमश निष्काम और सकाम होता है। लय, विक्षेपरहित स्थिर मन परमपद रूप है। मन का नाश न होने पर इसे हृदय मे रोकें। यही ज्ञान का सार है। समाधि

द्वारा निर्मल और आत्मा में जुड़ा मन आनंदित होता है। यह अवर्णनीय एव अंतःकरण द्वारा अनुमानयोग्य होता है। जैसे अग्नि मे अग्नि, आकाश में आकाश तथा जल में जल मिलने पर वह एक रूप हो जाते है, वैसे ही चित्त लीन होने पर मनुष्य मुक्त हो जाता है। विषयो मे आसक्त मन बधन है, विषयहीन मन मोक्ष है। (6-11)

कोत्सायन कृत स्तुति—तुम ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, प्रजापति, अग्नि, वरुण, वायु, इद्र, चद्र, मनु, यम, पृथ्वी तथा अच्युत हो। तुम्ही स्वाभाविक अर्थ में तथा स्वर्ग मे हो। हे विश्वेश्वर, विश्वात्मा, विश्वकर्मा, विश्वभोक्ता, विश्वमाया, विश्वक्रीड़क, विश्वप्रेमी तथा प्रभु तुम्हे नमस्कार। हे शात आत्मा, गुह्यतम, अचितनीय, अप्रमेय, अनादिधन तुम्हे नमस्कार। (12-15)

सृष्टिपूर्व केवल अधकार ही था। फिर प्रेरित होकर परमात्मा से प्रेरित इद्रिय विषय बने। इसमे से प्रेरित रजोगुण बना। यह विषमता को प्राप्त हुआ। फिर तमोगुण एव सत्त्वगुण मानो स्वय से ही प्रेरित होकर निकले। जीव मे स्थित चेतन सत्ता परमात्मा ही अश है। वह सकल्प, निश्चय, अहकार रूपी और प्रजापति है। ब्रह्मा, विष्णु इसके श्रेष्ठ शरीर कहे गए है। ये क्रमश रजोगुण, सत्त्वगुण एव तमोगुण के अश है। इस प्रकार एक ही परमात्मा इन तीन रूपों, आठ रूपो, ग्यारह रूपो आदि मे प्रकट हुआ है, अनत होकर भूतो मे स्थित है। यह सबका अधिपति है। सबके बाहर और भीतर स्थित है।

पंचम प्रपाठक

पहले यह आत्मा प्राण एव सूर्य इन दो स्वरूपो को धारण करता है, जो क्रमश अतरात्मा और बहिरात्मा है। प्राण की गति से ही इसकी बहिरात्मा का अनुमान होता है। वेदानुसार यह गतिरूप है। नष्टपाप विद्वान सबका अध्यक्ष होता है। वह शुद्ध मन परमात्मा मे निष्ठावाला, खुले ज्ञानचक्षुवाला अतरात्मा में स्थित रहता है। वह गति से बाहर जाने मे समर्थ है। आत्मा की गति अनुमान योग्य है, यह वेदमत है। सूर्य में दृश्यमान स्वर्णमय पुरुप ही हदय कंमल स्थित है और अन्न खाता है। यही सूर्य की अग्नि के रूप मे आकाश-स्थित है, यही काल है, जो अदृश्य रहकर भूतरूपी अन्न खाता है। यह कमल क्या है ? क्या जानता है ? उत्तर है—आकाश कमल है। इन चार-चार दिशाओं उपदिशाओं मे रहनेवाला वही है। सबसे परे है। प्राण एव आदित्य की ओम व्याहतियों और गायत्री से उपासना करनी चाहिए। (9-2)

मूर्त एव अमूर्त ब्रह्म के दो स्वरूप है, जो क्रमश असत्य एव सत्य है। ब्रह्म ही ज्योति है और ज्योति आदित्य है। ओम आत्मा है, जिसने स्वरूप त्रिविध बनाया है। ओम् की तीन मात्राओ से यह सब ओतप्रोत है। यही सर्वत्र है। यह वेदवचन है। या आदित्य ही ओम है, ऐसा ध्यान करके अपने को उसमे जोडे। अन्यत्र कहा गया है कि उद्गीध ही प्रणव है, प्रणव ही उद्गीथ। वही नाम-रूप है निद्रा, वृद्धावस्था एव मृत्यु रहित है। वह पांच प्रकार का, गुहास्थित, ऊपर ब्रह्म तक शाखाओंवाला है। आकाश आदि पाच तत्त्व ही शाखाए है। एक ही तत्त्व से यह सब ग्राह्य है। वही ब्रह्म है। जगत उसका स्वरूप ही है। सूर्य ओम् अक्षर का स्वरूप है, अत इसी अक्षर मे उसकी उपासना करें। इसी मे उसके अजस्र रस ग्रोध्य है। वेद कहते है—इसी पवित्र अक्षर को जानकर हर इच्छा पूर्ण होती

है। दूसरी जगह कहा गया है—ब्रह्म का यह शरीर शब्द करता है, जो ओम है। यह स्त्री-पुरुष नपुसक, त्रिलिगी, अग्नि, वायु, आदित्यरूप में प्रकाशवान एवं रुद्र, विष्णु रूप मे अधिपति है। गार्हपत्य आदि अग्नियां इसके मुख हैं। ऋक, यजु एवं साम का वह ज्ञाता है। भू· भुव और स्व ये तीन लोक है। भूत, भविष्य एव वर्तमान ये उसके तीन काल प्राण, अग्नि और आदित्य प्रताप अन्न, जल एव चद्रमा पोषक, मन, बुद्धि एवं अहकार चेतन, प्राण, अपान आदि इसके प्राण है। मैं त्यागता हू, ऐसा कहा गया है। स्तुतिकर्ता अर्पणकर्ता है, यह वेदकथन है। सत्यकाम ! यही 'पर' और 'अपर' ब्रह्म है यह 'ओम' ऐसा ही अक्षर है। (3-5)

तव इसने विस्तार किया। तप करके प्रजापति ने 'भू. भुव स्वः' कहा। उसका स्थूल शरीर लोकों द्वारा बना है। भू., भुव और स्व उसके क्रमश पर, नाभि एव मस्तक है। आदित्य नेत्र है, यह उनके अधीन और महापुरुषों की मात्राए है, नेत्रस्थ पुरुष ही पदार्थ ज्ञान करता है, अत भू., भुव और स्व विधिवत उपास्य है। अन्न प्रजापति भी सबका आत्मा तथा उसी तरह पूज्य है, यह वेदकथन है। यह जगत धारक शरीर है। यह सबमें और सब इसमें स्थित है, अत यह उपास्य है। सूर्य के भर्ग का ध्यान योग्य है, क्योंकि यह सम्मुख उपस्थित रहता है। यह बुद्धि द्वारा प्राप्य है। कौन चितनीय है ? इसका उत्तर है—हमारी बुद्धि को प्रेरित करता है। सन्मार्ग पर लाता है। 'भर्ग' सूर्य मे स्थापित है। आख की पुतली में भी यही इसी नाम से रहता है। इससे मनुष्य गतिवान है अथवा यह सबको तपाता है या प्राणियों का रंजन करता है या उनमें जाता है या जगत में आता है या जगत इसी की प्रजा है या यह सबका पोषण करता है, इन सब कारणो से यह भर्ग है। फिर सूर्य-शत्रुनाशक होने मे, सबको उत्पन्न करने से, प्रकाश देने मे यह सूर्य, सविता या आदित्य है। पवित्र करने से पवयान, सब ओर जाने मे अयन है। यह स्वयं आत्मा, अमृत, सर्वज्ञ, विचारक, गतिशील, सर्जक आदि है, वही सुनता, देखता, सूघता आदि है। यह सब आत्मा ही है, ऐसा समझो। जहा यह अद्वैत कार्य-कारण-उपमारहित, अवर्णनीय हो जाता है, उसके विषय में क्या कहा जा सकता है। (6-7)

यही आत्मा नियत्रक, शभु, भव, रुद्र आदि है, जो अग्नि रूप में तपनेवाला हजारो नेत्रो से प्रकाशमान आनदमय और जानने योग्य है। सब जीवों को अभय करके वन में जाकर उसका अन्वेषण करना चाहिए। इद्रियों के विषयों पर विजय से वह सशरीर मिल जाता है। वह विश्वरूप, तेजस्वी, जातवेदा, परम आश्रय और तपती ज्योति है। सूर्य रूप में वह प्रजाओं को प्राणवान करता हुआ सैकडों रश्मियों से उदय होता है।(8)

□

16. शिवसंकल्प उपनिषद्

हे ईश्वर ! जो हमारा मन जागते या सोते भी दूर पहुंच जाता है, जो तारों की ज्योति सदृश चमकता है, उसे शिवसंकल्पयुक्त करो । जिस मन से योगी मनीषी यज्ञ और शुभ कर्म करते हैं, जो उच्च ज्ञान का साधन है, जो दीपक के समान स्वयं को तथा अन्य वस्तुओ को प्रकाशित करता है, जो स्मरणशक्ति युक्त है, जिससे भूत, भविष्य एवं वर्तमान का ज्ञान होता है, जो ब्रह्मारूपी यज्ञकर्ता के समान सभी इंद्रियों द्वारा आत्मा से इस शरीरयज्ञ को जलाता है, जो मन, ऋक, साम एव यजुर्वेद के मध्य इनका स्मरण करता हुआ रथचक्र के अरों के समान स्थित है, जैसे अच्छा सारथी बल-वेगवान अश्वो को नियत्रित करता है, वैसे ही जो मन विद्वानों आदि का पथप्रदर्शक है, जो हृदय स्थित है, जरा (बुढ़ापा) रहित तथा अत्यंत शक्तिशाली है, ऐसे अनेक प्रकार की विशेषताओवाले मेरे मन को शिव सकल्प (शुभ इच्छा) युक्त बनाओ ।

□

शांतिपाठ :

ॐ भद्रं कर्णेभ्य शृणुयाम. देवा भद्रं पश्येमाताक्षर्भियजत्रा.।
स्थिरेरंगैस्तुष्टुवां सस्तनूमिर्व्यशेमदेवहित यदायु।
स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न. पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु।

ॐ शांतिः शांति शाति.।

हरिः ॐ चार आश्रमों के सोलह भेद होते हैं। गायत्री, व्राह्मण, प्रजापत्य तंथा वृहन चार भेद व्रह्मचारी के हैं। जनेऊ होने पर तीन रात तक नमकहीन भोजन तथा गायत्री जपने से गायत्र, प्रतिवेद वारह, कुल अडतालीस वर्ष व्रह्मचर्य से पूर्ण वेदज्ञान प्राप्त करनेवाला व्राह्मण, परस्त्री से विमुख अपनी पत्नी के साथ भी केवल ऋतुकाल में संभोग करनेवाला अथवा अडतालस वर्ष गुरुकुल में रहनेवाला प्रजापत्य और चौवीस वर्ष तक गुरु के आश्रम में रहनेवाला व्राह्मण है मृत्युपर्यत गुरुकुल में रहनेवाला व्रह्मचारी वृहन कहलाता है।

वार्ताकवृत्ति, शालीनवृत्ति, यायावर एव घोर संन्यासिक—ये चार प्रकार के गृहस्थ है। खेती, पशुपालन, सच्चा व्यापार करते हुए सैकड़ों वर्ष यज्ञ करके आत्मा की प्रार्थना करने वाला वार्ताकवृत्ति है। जो यज्ञ करते हैं, करवाते नही; पढ़ते हैं, पढ़ाते नही; दान देते हैं; लेते नही, वह शालीनवृत्ति होते हैं। यायावर यज्ञ करता-करवाता है, पढ़ता-पढ़ाता है तथा दान देता है और लेता भी है। घोर सन्यासी तपस्या में लगा रहता है। सौ वर्ष तक यज्ञ एवं आत्मा की प्रार्थना हर प्रकार का गृहस्थ करता है।

वानप्रस्थ भी चार प्रकार के हैं। वैरवानस, उदुंवर, वालखिल्या और फेनप। ग्रामीणों द्वारा उपेक्षित स्वय पकी वनस्पतियों द्वारा जो अग्नि परिचर्या एव पंच महायज्ञ करते हैं, वह वैरवानस हैं। उदुव्वर प्रात उठकर कही से वेर आदि लाकर यह काम करते हैं। वालखिल्या, जटा, जीर्ण वस्त्र, वृक्षछाला धारण करता है। कार्तिक पूर्णिमा को फूल-फलों से तथा अन्य दिनों वृत्ति का अर्जन करके पूर्व कर्म करता है। फेनप कठोर स्थानों पर सोनेवाने पत्ते-फल आदि रूखा-सूखा खानेवाले पागल जैसे होते हैं तथा पूर्वकर्म करते हैं। प्रार्थना और आत्मचिंतन हर वानप्रस्थ करता है।

सन्यासी भी चतुर्विध होते हैं—कुटोचर, वहूदक, हंस और परमहंस। कुटीचर अपने पुत्रादि के घर से भिक्षा लेते हैं। वहूदक त्रिदड, कमंडलु, कौपीन, भगवा वस्त्रादि धारण कर सच्चरित्र व्राह्मणों के ही घर से भिक्षा लेते हैं। हस एक दडधारी, शिखाहीन, जनेऊ, शिक्य, कमडलुधर गांव में एक रात्रि, नगर या तीर्थ में पांच रात्रि ठहरनेवाले, एक से तीन रात्रि तक 'कृछ्र चाद्रायण' व्रत करनेवाले होते है। परमहस दडहीन, मुडित, कोपनीधारी, अव्यक्त, धीर, शात, त्रिदंड आदि युक्त छोड़े हुए घरों या मंदिरो में रहनेवाले मूर्ख जैसे दीखनेवाले होते हैं। वे धर्माधर्म, सत्यासत्य सव सहनेवाले समदर्शी, निर्लिप्त किसी भी वर्ण की भिक्षा लेनेवाले आत्मवंधनमुक्त होते हैं। प्रथम तीन आत्मचिंतनरत होते है।

श्रीमद् द्वय की उत्पत्ति। वाक्य द्वितीय है। षट्पद् अठारह है। पद्रह पहले, दस वाद में—पच्चीस अक्षर हैं। सदाचार मूल अनादिसिद्ध मंत्ररत्न नारायण पूर्व निरूपित है। वेद सपन्न विष्णुभक्त, ईर्ष्यारहित मत्रज्ञ, मंत्र-श्रद्धावान, सत मंत्रणा देनेवाला, पवित्र, गुरुभक्त, पुराणो का विशेषज्ञ इस प्रकार के लक्षणो से युक्त आचार्य गुरु कहलाता है। शास्त्रो के अर्थ को सही-सही समझना, सदाचार की स्थापना एव तदनुकूल आचरण आचार्य का लक्षण है। 'गुरु' शब्द मे 'गु' अंधकार तथा 'रु' उसका निवारक है, अत· गुरु का अर्थ अज्ञानांधकार का निवारण करनेवाला है। गुरु ही परमब्रह्म है, परम गति है, परम विद्या, परम धन, परम इच्छा तथा परम आश्रय है क्योकि वह उस परम ज्ञान का उपदेशक है, अत गुरु उससे भी महान है। जो इसका एक बार भी उच्चारण करता है, ससार से मुक्त हो जाता है। उसे सभी पुरुषार्थ सिद्ध हो जाते हैं। इसका ज्ञाता कदापि इस ससार मे पुन नही आता। यही उपनिषद (ज्ञान का सार) है।

19. वज्रसूचिका उपनिषद

शांतिपाठ ·

अप्यायतु ममगानि वाक्प्राणचक्षुष क्षोत्रमथो बलमिद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषद माहं ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोद निराकरणमस्त्वनिराकरण मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि सतु ।

ॐ शाति शाति शाति ।

अज्ञान नाशक, अज्ञानी के लिए दूषक एवं ज्ञानियों के भूषण वज्रसूची शास्त्र के विषय मे वताता हू। वेदों एव स्मृतियों के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र, ये चार वर्ण है। इनमे ब्राह्मण प्रधान है। तव प्रश्न उठता है कि ब्राह्मण है क्या—प्राणी ? जाति ? देह ? ज्ञान ? कर्म ? अथवा धार्मिकता ब्राह्मणत्व के निर्धारक तत्त्व है ?

जीव ब्राह्मण नही है। हो चुके तथा होनेवाले जीव समान ही है। जीव एक ही है, कर्मानुसार अनेक देह धारण करता है। तव देह—यह भी ब्राह्मण नही हो सकता। सभी मान देहे पचभूतमय, जरा तथा मरनेवाले होते हैं। साथ ही ब्राह्मण गोरा ही हो अथवा क्षत्रिय लाल, वैश्य पीला या शूद्र काला ही, यह भी अनिश्चित है। पिता के शव को जलाने पर किसी को ब्रह्म-हत्या नही लगती। अत शरीर ब्राह्मण नही है। तव जाति-विभिन्न जातियों से अनेक ऋषियों का जन्म हुआ, जैसे मृगी मे शृगी ऋषि, कुश से कौशिक आदि। इसलिए जाति को ब्राह्मण नही कहा जा सकता। (4-5)

ज्ञान भी ब्राह्मण नही है, क्योंकि वहुत से क्षत्रिय आदि भी परम तत्त्वज्ञ हुए है। तव कर्म ? सभी प्राणियों के प्रारब्ध संचित तथा आगामी कर्मों से समानता है और इसी से प्रेरित जीव कार्य करता है, अत कर्म ब्राह्मण नही है। धार्मिकता वहुत से क्षत्रिय आदि भी स्वर्णदान करते आए है, अत धर्म भी ब्राह्मण नही है। (6-7)

तव ब्राह्मण कौन है ?—अद्वैत भावनावाला, जाति-गुण-क्रिया रहित, छ ऊमि-छ भाव दोपरहित, सत्य, ज्ञान, आनद आदि युक्त, काम, राग आदि रहित, परम तत्त्वज्ञ तथा अहंकार आदि का त्यागी ब्राह्मण कहलाता है। आत्मा की सच्चिदानदात्मकता का अनुभव करनेवाले को ही ब्राह्मण मानना चाहिए, अन्य को नही। यही साराश में ब्राह्मण के लक्षण है।

□

शांतिपाठ ·

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाताक्षभिर्यजत्रा.
स्थिरेरंगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धाश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा ।
स्वस्ति नरताक्ष्यों अरिष्टनेमि स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु ।
ॐ शाति शाति शांति. ।

रुद्रलोक जाकर देवताओ ने रुद्र से पूछा—'आप कौन हैं ?' रुद्र वोले, 'मैं ही एक हूं। भूत, भविष्य, वर्तमान मे मै ही हूं। मेरे सिवा कुछ भी नही है। भीतर से भी भीतर, सव दिशाओं में व्याज, नित्यानित्य, वह्म-अवह्म, प्रत्येक दिशा, स्त्री-पुरुप, गायत्री आदि छंद, गार्हपत्य आदि अग्नि, सत्य, गौ, चारों वेद, श्रेष्ठ जप, तेज, ज्योति आदि में मै ही हूं। मेरा ज्ञाता सब वेदों एवं देवों जानता है। मैं ही गौ को गौ से, व्राह्मण आदि को व्राह्मण आदि से तृप्त करता हूं।' शंकित से देवता रुद्र को देखकर हाथ उठाकर कहने लगे, 'हे रुद्र आप व्रह्मा हैं, विष्णु है, इंद्र है, स्कद हैं, अग्नि, वायु, सोम, ग्रह, उपग्रह, पृथ्वी, अतरिक्ष स्वर्ग आदि हैं। आपको नमस्कार है। भू, भुव, स्व क्रमश आपके निम्न, मध्य एव सिर है। आप ही अकेले विश्वरूप है भ्रमवश अनेक जान पड़ते है। आप वृद्धि, पुष्टि, शाति आदि रूपो में है। आप ही ने सोम रूप अमृत पिलाकर हमें अमर किया। ज्योतिरूप तथा ज्ञानी वनाया, हमें अव शत्रु कुछ हानि नही पहुचा सकता। आप मानव के लिए अमृत स्वरूप हैं। मर्वत्र और सव कुछ आप ही है। (1-2)

'ओम' क्या है—इसके उच्चारण में प्राणों को ऊपर खीचना पडता है, अत आप ओम कहलाते है। प्रणव कहने से चारो वेदों, अगिरस, व्रह्म एवं व्राह्मण को प्रणाम किया जाता है, अत आप प्रणव हैं, तिलो में तेल के समान आप सृष्टि भर मे व्याप्त हैं, आप अनत हैं। आप गर्भ, जन्म, मरण आदि से मुक्त करने के कारण तारक कहे जाते हैं। आप शुक्ल (इसके उच्चारण में श्रम होता है), सूक्ष्म (के उच्चारण में सूक्ष्म कंप से), भैद्युत (उच्चारण से तमावस्या में प्रकाश होता है), परव्रह्म, (भारी पीडाओ का ज्ञान कराते हो) आदि कहलाते है (इत्यादि नाम आपके किसी गुणो के कारण है)। जैसे दूध हेतु गाय को प्रसन्न करते हैं, वैसे ही हम आपकी स्तुति करते हैं। आप इद्र रूप में विश्व के ईश्वर, दिव्यद्रष्टा हो अत ईशान हो। ज्ञान के लिए आपका भजन करने से वाणी का प्रादुर्भाव होने से आप महेश्वर हो, यही रुद्र का चरित है। (4)

एक ही देव सर्व दिशा व्याप्त है। वही आदिजन्मा, मध्य और अत है। केवल वह रुद्र ही हर व्यक्ति में व्याप्त है। लोक नियंता है। सव उसी में स्थित तथा अत में उसी में मिल जाते है। वही रचयिता-रक्षक है। उसका ध्यान परम शातिप्रद है। अज्ञान नाश हेतु उसी में मन लगाओ। वह

शाश्वत-पुराण, पुरुष अन्नादि देनेवाला तथा मृत्यु से रक्षक है। शांति एव बंधन मुक्ति प्रदाता है। उसकी प्रथम मात्रा ब्रह्मा (रक्त वर्णवाले), द्वितीय विष्णु (श्याम वर्ण), तृतीय इद्र (पीत वर्ण) और चतुर्थ अर्धमात्रा वेद रूप हैं। इनका ध्यान करने से इनके लोकों की प्राप्ति एव कर्मबधन मुक्ति मिलती है। इसी उत्तर मार्ग से देव-पितर-ऋषि आते है। इसके सूक्ष्म रूप को ज्ञानी हदय मे देखते हैं। क्रोधादि त्यागकर रुद्र मे मन लगाने से रुद्र से एकता होती है। वही नियता है। अग्नि, वायु, जल आदि में वही भस्म रूप में है। पशुपति की भस्म का स्पर्श न करनेवाला भस्मवत है। यह ब्रह्मरूप भस्म वधन काटनेवाली है। (5)

अग्नि एव जल में स्थित रुद्र औषधियों एवं वनस्पतियो मे प्रविष्ट हुआ। विश्व के उत्पत्तिकर्ता अग्निरूप रुद्र, औषधियो, लोको आदि के रचयिता, इन्हे धारण करनेवाले शिवशक्ति एव त्रिगुणात्मक एव नार्गो को अतरिक्ष में स्थित करानेवाले रुद्र को नमस्कार है। इसकी प्रणवरूपी मूर्धा की उपासना से उच्च स्थिति प्राप्त होती है। रुद्र सब देवो का सामूहिक रूप एव मस्तक है, उसका प्राण, मन और मस्तक रक्षक है। देवता रुद्र के लोकों की रक्षा कर सकते है, अन्यथा नही। इसके पहले तथा अलावा कुछ नही है। हजार पावों और एक सिरवाला यह सर्वव्याप्त है। अक्षर से काल की उत्पत्ति है, काल होने से यह व्यापक है। इसके सोने पर प्राणियो का अंत होता है। उसकी श्वास से तम, तम से जल तथा इसके अगुलिमथन से शरद की ओस होती है। फिर इसी प्रकार इसके मथन से क्रमश फेन, अडा, ब्रह्मा, वायु, ओम, सावित्री, लोक (अपने-अपने पहले से) पैदा होते है। लोक मे तप से सत्य फिर अगुल प्रवाह से शाश्वत (परम तप) पैदा होता है, वही जल ज्योति, रस, अमृत, ब्रह्म, भू, भुव, स्व और नम है। (6)

इस अथर्वशिर उपिनषद् का पाठक अश्रोत्रिय ब्राह्मण, श्रोत्रिय और अनुपवीत, उपवीत होकर अग्नि, वायु, सूर्य, सोम एव सत्य के समान पवित्र, सब देवों एवं वेदों का ज्ञाता, सब तीर्थो मे स्नान किया जैसा हो जाता है। उसे सब यज्ञों और साठ हजार गायत्री जप का, पुराणो के अध्यापन का, एक लाख रुद्र जाप का तथा दस हजार 'ओम' जप का फल मिलता है। उसके दर्शन पवित्र करनेवाले होते हैं। वह अपनी सात पूर्व पीढ़ियो का तारक होता है। भगवान ने कहा, 'इसका एक, दो तथा तीन बार जप करने से क्रमश पवित्र कर्म का अधिकार, गणपति पद तथा 'ओम' मे प्रवेश होता है।

□

21. स्कंद उपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

हे महादेव ! तुम्हारी थोडी-सी करुणा से मै अच्युत, विज्ञान, धन और शिव ही हो गया हू। इससे अधिक क्या होता है ? अतःकरण के होने पर व्यक्ति अपना पार्थिव रूप भूल जाता है, तब केवल हरि ही दीखते है। ज्ञान स्वरूप मे स्थित होकर, मै अपने को अजन्मा अनुभव कर रहा हू। अन्य सब स्वप्न के समान जड एवं नश्वर है। इससे अधिक क्या होता है ? जो चित्त एव जडो को देखनेवाला अच्युत एव ज्ञान रूप है, वही महादेव एव महा हरि है। वही ज्योतियों की ज्योति, परमेश्वर और परम ब्रह्म है। मै भी ब्रह्म ही हू, इसमे सशय नही है। (1-5)

जीव ही शिव है, शिव ही जीव है, केवल जीव शिव नही है। छिलके से ढका चावल छिलका उतरने पर ही चावल बनता है। इसी प्रकार बंधन ग्रस्त जीव कर्मनाश पर या पाशबद्ध पाशमुक्ति पर सदाशिव ही है। शिव ही विष्णु तथा विष्णु ही शिव है, ये परस्पर एक-दूसरे के हदय मे रहते है। शिव विष्णुमय एव विष्णु शिवमय है। इसमे कोई अतर न दीखने से मै सशरीर कल्याणमय हो गया हू। शिव एव केशव मे अभेद है। देह, मंदिर और जीव केवल शिव है। अज्ञान दूर होने पर निर्मलता आती है। तब 'सोऽह' (मै वही हू) भाव से उसे पूजे। (6-10)

अभेद देखना ज्ञान है और निर्विषयी मन ध्यान का लक्षण है। मन का मैल हटना स्नान तथा इद्रिय निग्रह पवित्रता है। ब्रह्मज्ञान का अमृत पीकर देह-रक्षा के लिए भिक्षा मागे। द्वैत भावना को त्यागकर एकात मे रहे। इसी आवरण से मुक्ति मिलती है। श्री परमधाम, कल्याणमय अविनाशी को नमस्कार। हे नृसिह देव आपकी कृपा से ब्रह्मा, विष्णु और शिव स्वरूप को अचित्य, अव्यक्त, वेदात्मक ब्रह्म रूप में मानते है। ज्ञानी ब्रह्म ज्ञान पर ब्रह्मलीन हो जाते है। वही विष्णु का परमपद है। यही निर्वाण ज्ञान, वेदो का उपदेश तथा उपनिषद् है। (11-15)

□

22. सर्वसार उपनिषद्

शांतिपाठ ·

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

वधन क्या है ? मोक्ष क्या है ? विद्या और अविद्या क्या है ? जागृत, स्वप्न एव तुरीया अवस्थाए, अग्निमय-प्राणमय-मनोमय-विज्ञानमय और आनदमय कोश, कर्ता;-जीव-पंचवर्ग-क्षेत्र;-साक्षी, कुटुव और अतर्यामी तथा जीवात्मा, परमात्मा एव माया, ये सब क्या हैं ? आत्मा ही ईश्वर एव जीव है। शरीर में जीव को होनेवाला अहंभाव वधन है, इससे मुक्ति मोक्ष है। अहभाव का कारण अविद्या तथा इसका नाश विद्या है। (1-3)

सूर्य आदि की शक्तियों द्वारा मन, बुद्धि, चित्त, अहकार और दस इद्रियो द्वारा शब्द आदि का ग्रहण जागृत अवस्था है। शब्द आदि स्थूल विषय न रहने पर भी जागृतावस्था का रहना, स्वप्नावस्था है। मन आदि चौदह तत्त्वों के शात होने पर विशेष ज्ञान का अभाव तथा शब्दादिका ग्रहण न होना सुषुप्ति अवस्था है। इन तीनों अवस्थाओ की उत्पत्ति एव लय का ज्ञाता, जो इनका चितक करता है, यह तुरीया अवस्था है। अन्न से बननेवाला शरीर अन्नमय कोश है, चौदह वायु का इनमें विचरना प्राणमय कोश, इन दोनों के अदर मन आदि द्वारा आत्मा आदि का विचार मनोमय कोश, इन तीनों के साथ बुद्धि द्वारा होनेवाला ज्ञान स्वरूप विज्ञानमय कोश तथा इन चारों कोशों के साथ आत्मा का बीज से वट-वृक्ष की तरह अपने कारण का अज्ञान आ नदमय कोश है। (4-5)

सुख-दु ख की दृष्टि से कर्ता जब अभीष्ट (सुख) चाहता है तब सुख बुद्धि तथा जब अनिष्ट की कल्पना करे, तो दु ख बुद्धि है। सुख प्राप्ति एव दु ख त्याग हेतु कार्य करने से वह कर्ता कहलाता है। शब्द आदि पाच विषय सुख-दु ख के कारण है। शुभाशुभ कर्मों से प्राप्त शरीर को समझने पर वह उपाधियुक्त जीव कहलाता है मन, प्राण, इच्छा, सत्त्व और पिड इनके प्रत्येक के पाच-पाच भेदों को पचक कहते है। इनसे युक्त जीवात्मा छुटकारा नही पाता। मन आदि सूक्ष्म तत्त्वों की उपाधि सदा आत्मा में होती है, इसे लिग शरीर कहते है, यही हृदय ग्रथि है। इसमें स्थित चैतन्य क्षेत्रज्ञ है। (6-8)

ज्ञान, ज्ञाता एव ज्ञेय को जानने पर भी स्वय उत्पत्ति-लयहीन आत्मा साक्षी कहलाता है। ब्रह्मा से चींटी तक की बुद्धि में स्थित सूक्ष्म-स्थूल आदि का नाश होने पर भी शेष रहनेवाला 'कूटस्थ' है। इन सबसे अपने स्वरूप प्राप्ति हेतु सारे शरीर में गुथा हुआ तत्त्व अतर्यामी कहलाता है। सत्य, ज्ञान, आभूषण आदि से रहित चैतन्य रूप आत्मा आभास होने पर 'त्वम्' कहलाता है। ब्रह्म, सत्य, आनद, ज्ञान स्वरूप है। अविनाशी सत्य कहलाता है। देश, काल आदि का नाश होने पर भी वह अविनाशी है। उत्पत्ति-विनाश रहित नित्य चैतन्य 'ज्ञान' है। वह मृत्तिका पात्रो एव स्वर्णाभूषणो में क्रमश मिट्टी एव सोने के समान सृष्टि भर मे व्याप्त है। अत वह अनेक कहलाता है। वह सुखमय चैतन्य अनंत आनद का सागर है। शेष सुखो का स्वरूप है। वह आनद कहलाता है। (9-11)

यह सत्य, ज्ञान, अनत और आनद लक्षणवाले में देश, काल, वस्तु आदि से कोई परिवर्तन नही होता, अत. वह तत् या परमात्मा कहलाता है। 'त्वं' और तत् से पृथक आकाश जैसा शून्य, केवल 'सतरूप तत्त्व परमब्रह्म है। जो अनादि होते हुए भी अनंत नही है और 'सत्' 'असत्' से भिन्न सर्वाधिक विकार रहित दीखनेवाली सत्ता ही माया है। इसके अतिरिक्त किसी रूप मे उसका वर्णन नही हो सकता। वह अज्ञान रूप तुच्छ एवं मिथ्या है, किंतु अज्ञानियो को वह सदा वास्तविक जान पडती है। अत उसका यथार्थ रूप अवर्णनीय है। (13-15)

मै जन्म नही लेता, मै दस इंद्रियां, बुद्धि, मन या शाश्वत अहकार नही हू। मै अप्राण, अमन शुद्ध स्वरूप, बिना बुद्धि, का साक्षी तथा सदा चित्त मात्र हूं, इसमें कोई संदेह नही। न मै कर्ता हू न भोक्ता ही, केवल प्रकृतिक साक्षी हू। मेरे सपर्क से देह आदि सचेतन जैसे लगते हैं। मै स्थिर, नित्य, सदानंद; शुद्ध ज्ञानमय और निर्मल हू। मैं सभी प्राणियो का आत्मा, प्रभु और साक्षी हूं। यह नि सदेह सत्य है। समस्त वेदात दर्शन का ब्रह्म मै ही हूं, आकाश वायु आदि जान पडनेवाली वस्तु मै नही हूं। मै रूप नाम या कर्म नही हूं, अपितु सच्चिदानंद स्वरूप ब्रह्म हूं। मै देह नही हूं अत. जन्म-मृत्यु का प्रश्न ही नही उठता, मै प्राण नही हूं, अत· मुझे भूख-प्यास कैसे लगेगी ? मै मन नही हू, अत· मुझे शोक-मोह कैसे होगा ? कर्ता नही हू, तो बधन-मोक्ष कैसे होगा ? यही उपनिषद् है।

□

23. शुकरहस्योपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

रहस्योपनिषद की व्याख्या करते हैं। देवर्षियों ने ब्रह्मा को पूजकर नमस्कार करके पूछा कि वह रहस्योपनिषद कहें, तब ब्रह्मा बोले—'प्राचीनकाल मे तेजस्वी वेदवेत्ता तपोनिधि व्यास पार्वती सहित शिव को प्रणाम करके हाथ जोड़कर बोले, 'देवाधिदेव महाप्राज्ञ लोगो को बधनमुक्त करनेवाले ईश्वर, मेरे पुत्र शुकदेव के वेदसंस्कार कर्म मे ब्रह्मोपदेश देने का समय आ गया है।' शिव बोले, 'यदि मैं केवल रूप शाश्वत साक्षात ब्रह्म का उपदेश दूंगा, तो तुम्हारा पुत्र वैराग्य के कारण सब कुछ छोडकर स्वय प्रकाश स्वरूप हो जाएगा। वेदव्यास ने कहा, 'चाहे कुछ भी हो, इसी संस्कार में आपसे ब्रह्मज्ञान पाकर वह शीघ्र सर्वज्ञ बने तथा आपकी कृपा से उसे चारो प्रकार की मोक्ष प्राप्ति हो। (1-6)'

व्यास के शब्दों से शिव अत्यत प्रसन्न हुए और पार्वती सहित देवर्षियो की सभा मे उपदेश देने गए और एक दिव्य आसन पर बैठे कृतकृत्य होकर भक्तिपूर्वक वहां आकर शुक ने शिव से प्रणवज्ञान पाया। तब शुक बोले, 'देवों के देव सर्वज्ञ सच्चिदानद उमारमण भूतेश करुणानिधि प्रसन्न हो गए। आपने मुझे प्रणव एव परमब्रह्म का उपदेश दिया है' किंतु मै तत्त्वमसि 'प्रज्ञानब्रह्म' आदि महावाक्यों को यथा क्रम उनके षडगंयास सहित सुनना चाहता हू।'। (7-11)

शिव ने कहा, 'बहुत सुंदर महाप्राज्ञ, ज्ञाननिधि मुनि शुक तुमने वास्तव में पूछने योग्य वेदो का रहस्य ही पूछा है अत मैं षडंगन्यास सहित रहस्योपनिषद समझाता हू, जिसके ज्ञान मात्र से निःसदेह मोक्ष मिलता है। गुरु द्वारा अगहीन वाक्योपदेश नही होना चाहिए। उपदेश षडगन्यास सहित ही करना चाहिए। वेदों में उपनिषद के समान उपनिषदों में रहस्योपनिषद श्रेष्ठ है। जिस विद्वान ने यह उपनिषद कहा, उसे पुण्य के कारण तीर्थ, वेद, मंत्र पाठ तथा जप आदि से कुछ प्रयोजन नही था। सौ वर्ष तक महावाक्यों के अर्थ का विचार करने से एक बार इनके ऋषि आदि के ध्यान सहित जाप का फल अधिक होता है। (12-16)

(इसके अनतर महावाक्यों का अंगन्यास विनियोग आदि है, जो उपासकों के लिए मूलरूप मे ले लेता है। यह एक क्रियात्मक कार्य है, अत इसका अर्थ यहा देना अनावश्यक विस्तार ही होगा। जिज्ञासु पाठक मूलपाठ देखें)।

जिनकी सहायता से प्राणी देखता, सुनता, कहता, सूंघता एवं स्वाद ग्रहण करता है, उसे प्रज्ञान कहते है। ब्रह्मादि देवों तथा मनुष्य, अश्व आदि पशुओं तथा सभी प्राणियों में एक ही तत्त्व ब्रह्म है। वही प्रज्ञान ब्रह्म मुझमें भी है। मानव देह को ही ब्रह्म प्राप्ति का अधिकार है। इसमें स्थित ब्रह्म बुद्धि प्रस्फुरित होने पर 'अहं' है। पूर्ण परमात्मा यहां 'ब्रह्म' है तथा 'अस्मि' अपनी और ब्रह्म की एकता का बोधक है। सृष्टि से पूर्व नाम-रूप रहित एक अद्वितीय ब्रह्म ही था और अब भी वैसा ही है। यहा

ब्रह्म को 'तत' इद्रियहीन शिष्य 'त्व' तथा असि दोनो की एकता का बोधक है, यही अनुभव करना चाहिए। अह से शरीर तक 'प्रत्यमात्मा' कहलाते है, 'अह' स्वप्रकाश रूप है। दृश्य जगत मे व्यापक तत्त्व ही 'ब्रह्म', 'स्वयप्रकाश' एव आत्मारूप है। (1-7)

अज्ञान के कारण मै अनात्म पदार्थो को 'आत्मा' समझने लगा। गुरु कृपा से महावाक्यो के उपदेश आत्मा रूप सूर्य के दर्शन से मेरा मोहभग हुआ। इनका अर्थ वाच्य एव लक्ष्य दोनो प्रकार का होता है। 'त्व' आदि वाचार्थ है। विशुद्ध चेतन लक्ष्यार्थ है। इसी प्रकार तत एव परमात्मा क्रमश वाच्य एव लक्ष्यार्थ है। 'असि' दोनो से एकता सूचक है। कार्य-कारण उपाधि द्वारा ही 'त्व' एव 'तत' मे भेद है। इसके न रहने पर दोनों सच्चिदानद ही है। जैसे यह और वह शब्द निकाल देने पर केवल 'अमुक' बचता है 'जीव' कार्य रूप उपाधि तथा ब्रह्म 'कारण' रूप उपाधि है, इन उपाधियो को त्याग देने पर ज्ञानस्वरूप ही बचता है। गुरु से सुनकर मनन और निदिध्यासन करने पर ही ज्ञान होता है। ब्रह्म प्राप्त करानेवाला तथा अन्य का ज्ञान नश्वर है। ब्रह्माजी का आदेश है कि शिष्य को षडग़न्यास सहित ही महावाक्यो का उपदेश दिया जाए, केवल वाक्यो का नही। (9-15)

भगवान शिव बोले, 'तुम्हारे ब्रह्मज्ञानी पिता के आग्रह पर ही मैने यह रहस्योपनिषद तुम्हे दिया है। इसमे सच्चिदानंद ब्रह्म का वर्णन है, जिसके चितन से तुम जीवन मुक्त बनोगे। वेद के आदि तथा अंत मे प्रष्ठित स्वर 'ओम' की प्रकृति मे लीन होने से व्यक्ति ईश्वर बनता है।' यह उपदेश सुनकर तमय बने शुक ने शिव को प्रणाम किया और सर्वस्व त्यागकर ब्रह्म के आनद मे डूबकर वहा से चले गए। पुत्र वियोग से दु खी व्यास उन्हे पुकारते रहे, इसका उत्तर समस्त जड-चेतन ने दिया। इस उत्तर से अपने पुत्र को विश्वमय देखकर व्यास को परमानद की प्राप्ति हुई। गुरु से इस उपनिषद् को समझनेवाला पाप मुक्त होकर कैवल्य प्राप्त करता है। (16-23)

□

24. मंत्रकोपनिषद्

शांतिपाठ ·

ॐ पूर्णमद पूर्णमिद पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।।

आठ पावोवाला उज्ज्वल, त्रिसूत्र, सूक्ष्म, अनश्वम, त्रिमार्गवाला मै वही हू, ज्ञानी सर्वत्र एसो अनुभव करने पर भी उसे नहीं देख पाते । मोहकारक घोर अज्ञान के अधकार का नाश होने पर सत्वगुण स्थित पुरुष ही गुणों को गुफा में स्थित निर्गुण ब्रह्म को देखते है । अन्य स्थिति मे ध्यान से वह नही दीखता, ऐसा ध्यान विकारक, अज्ञानमय, अजन्मा, अविचल मात्रा का ही ध्यान करता है । यह मात्रा अभ्यास के कारण ही जान पड़ती है, उसी से विस्तृत और प्रेरित होती है । जगत का अधिष्ठाता हस ही पुरुषार्थ को उत्पन्न करता है । यह माया परमात्मा की कामधेनु, आदि-अतहीन सभी की जननी, पोषक, श्वेत-श्याम रक्तवर्ण तथा समस्त कामना पूर्ण करनेवाली है । अज्ञानी इस अविपय एव अज्ञान को दूहते है । केवल स्वतत्र एवं सबको वश मे रखनेवाला परमात्मा ही इसे पीता है । सर्व साधारण द्वारा दुही जानेवाली यज्ञ कर्ताओ द्वारा जिसे पीया जाता है, माया रूपी ऐसी गाय को भगवान ध्यान क्रिया से भोगता है । परमात्मा सुंदर पत्तोवाले विश्वरूपी पीपल फलो को खाते हुए उदासीन-अविनाशी की माया को देखते है ! स्नातक एवं अध्वर्यु इसका गान करते हैं । अनेक शास्त्रज्ञ ऋगवेदी इसकी स्तुति करते है और रथतर नाम का 'वृहत समा' सात प्रकारक गायन करते है । मत्र रहस्य ही ब्रह्म है, अथर्ववेदो भार्गव पदक्रम से पढते है । (1-10)

परमात्मा ब्रह्मचर्य वृत्तिवाला, स्तभ समान ससार रूप में इसकी गाडो चलाता हुआ तथा अतिविस्तृत है । यही काल, प्राण, मृत्यु, शर्व महेश्वर आदि देवो और असुरो मे स्थित है । यही प्रजापति, विराट और जल रूपों में अथर्ववेद से स्तुति योग्य है । कुछ उसे 26 वा तथा कुछ 27 वा तत्त्व कहते हैं । अथर्ववेद का उपनिषद इसे निर्गुण कहता है । साख्य पुरुष कहता है । कुछ चौवीसवी सख्यावाला, कुछ व्यक्त-अव्यक्त, द्वैत, अद्वैत आदि कहते है । कुछ तीन प्रकार का, कुछ अन्य प्रकार का कहते हैं । कुछ ज्ञानी ब्रह्मा से जड पदार्थ तक समस्त जगत को एक ही शुभ्र रूप प्रभु के रूप में देखते है । जिस ब्रह्म में वह स्थावर जंगम पिरोया गया है, उसमे यह सब सागर मे नदियों के समान लीन हो जाता है । जल में बने बुलबुले के समान समस्त पदार्थ उसी से उत्पन्न होकर उसी में मिल जाते हैं । उस ब्रह्म को ज्ञानी ही देखते हैं । क्षेत्रज्ञ रूप में सभी में स्थित, कारणो से देखे जानेवाले इस ब्रह्म को ज्ञानी बार-बार देखते हैं । ब्रह्मज्ञाता ब्राह्मण उसी को पाकर उसी में लीन होकर शोभा पाते है । यही रहस्य है । (11-20)

□

25. प्रणव उपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ॥

उस विलक्षण कर्मवाले परमब्रह्म विष्णु की ब्रह्मविद्या निरूपित की जाती है। ब्रह्म वादियों द्वारा कथित एकाक्षर ब्रह्म 'ओम' का निरूपण किया जाता है। इसमें तीन वेद, तीन वेद, तीन लोक, तीन अग्नियों के साथ ही तीनों मात्रा एवं अर्धमात्रा भी स्थित हैं। यह परम शिव का स्वरूप है। ऋग्वेद, गर्हण्त्य अग्नि तथा पृथ्वी-ब्रह्म तीनों को ब्रह्मवेत्ताओं ने ओम (अ + उ + म) के प्रथम अक्षर 'अ' में माना है। यजुर्वेद, आकाश, दक्षिणाग्नि एव विष्णु को 'उ' में माना है। सामवेद स्वर्ग, आह्वनीय अग्नि तथा शंकर का स्वरूप 'म' में माना है। (1-6)

'अ' को चंद्रमंडल के समीपवर्ती सूर्य मंडल भी माना है, चंद्र को 'उ' में तथा धुएं रहित विद्युत सदृश अग्नि को 'म' माना है। सूर्य, चंद्र एवं अग्नि की तीनों मात्राएं भी इसमें समझनी चाहिए। दिए की लौ के समान ऊपर की शिखा अर्धचंद्र समझनी चाहिए। दूसरी कमल नाल के समान पतली शिखा नासिका से जानेवाले सूर्य के समान 72 हजार नाड़ियों के ऊपर प्राणियों को वरदान देनेवाली सर्वव्याप्त है। मोक्ष के समीप पहुंचने पर कास्यघंटे का-सा शब्द होता है। वेद स्वरूप 'ओम' को ऐसा समझना चाहिए, जिसे सभी सुनना चाहते हैं। यह 'ओम' जिसमें लीन हो जाता है, वह ब्रह्म कहलाता है। और अमृत्व का अधिकारी वनता है। यह सत्य है। (7-13)

□

26. निरालंबोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिद पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावर्शिष्यते ॥

सच्चिदानद मूर्ति, निष्पच शाति निरालव तेजस्वी गुरु शिव को नमस्कार । इस निरालव का आश्रय लेकर सालव वस्तुओं को छोडनेवाला संन्यासी और योग कैवल्य (मोक्ष) पद पाता है । इन अज्ञानी प्राणियों के दुखों की शाति के लिए जानने योग्य सब कुछ को यहा शका रूप में कहा जा रहा है—ब्रह्म, ईश्वर, जीव, प्रकृति, परमात्मा, ब्रह्मा, विष्णु, रूद्र, इंद्र, मय, चद्र, सुर, असुर, पिशाच, मनुष्य, स्त्रिया, पशु, स्थावर ब्राह्मण, जाति, कर्म, ज्ञान, अज्ञान, सुख, दुख, स्वर्ग; नरक, बधन, मोक्ष, उपास्य, शिष्य, विद्वान, मूर्ख, असुर, तप, परम पद, ग्राह्य, अग्राह्य और संन्यासी कौन है ? इन शकाओं के बाद ब्रह्मस्वरूप समझाया गया है । (1-3)

महत्, अहकार, पृथ्वी जल आदि तथा ब्रह्मांड, कर्म, ज्ञान रूप में भास होने पर भी इन सबसे रहित अद्वैत (केवल ब्रह्म ही है, भावना अद्वैतवाद है) समस्त शक्तियुक्त आदि-अत हीन, शुद्ध पवित्र आदि चैतन्य परमब्रह्म है । यही जब अपनी माया से सृष्टि करता है और अंतर्यामी रूप मे उसमें प्रवेश करके ब्रह्मा आदि जीवों की बुद्धि आदि का नियमन करता है, तब यह ईश्वर कहलाता है । ब्रह्म, विष्णु आदि के रूप में नाम-रूप का मिथ्या अभिमान होने पर स्थूल आदि की अनुभूति जीव कहलाती है । भिन्न-भिन्न देह धारण करने से चैतन्य जीव बन जाता है । ब्रह्म की सृष्टि उत्पन्न करने की शक्ति माया (प्रकृति) है । देह आदि मे दूर रहनेवाला ब्रह्म परमात्मा है । यही ब्रह्म विष्णु, रुद्र आदि पूर्वकथित रूपों में प्रकट हुआ है । यही स्थावर जगम (चराचर) है । समस्त जगत ही ब्रह्म है । (4-9)

जाति चमडे, रक्त, मास, हड्डी या आत्मा की नही होती, यह केवल व्यावहारिक कल्पना है । कर्म इंद्रियो द्वारा की जानेवाली क्रियाए हैं । कर्ता और भोक्ता का होने का अभिमान बधन है । नित्य नैमित्तिक (फल इच्छा से) किए जानेवाले तप, यज्ञ आदि अकर्म हैं । सृष्टि की समस्त परिवर्तनशील वस्तुओं मे एक ही चैतन्य को देखना ज्ञान है और द्रष्टा चैतन्य है । यह सर्व में है, यह अनुभव ज्ञान है । का अनुभव इंद्रिय सयम और सद्गुरु की उपासना श्रवण, मनन आदि से होता है । रस्सी में सर्प के भ्रम के समान एकमात्र ब्रह्म मे देव, पशु, पक्षी, मानव आदि का भ्रम अज्ञान है । सच्चिदानद परमात्मा के ज्ञान से प्राप्त आनद ही सुख है । इनसे भिन्न रूप विषयों का विचार दुख है । सत्कर्मो की सगति स्वर्ग और सामाजिक विषयो तथा लोगों की सगति नरक है । (10-17)

अज्ञान वाला 'मैं जन्म लेता हूं', 'मरता हूं', या मानता बधन है । मेरे मा-बाप, मेरी धन-संपत्ति आदि विचार भी बधन है । स्त्री धन, अधिक आदि सिद्धियों की इच्छा, यम-नियम आदि, वर्णाश्रम

कर्म इच्छा, आज्ञा, भय यज्ञव्रत आदि का ज्ञान भी बंधन है। नित्य-अनित्य पर विचार द्वारा अनित्य संसार से ममता का दूर होना ही मोक्ष है। (18-29)

वही एकमात्र सत्य है या सभी देहों में स्थित चैतन्य ब्रह्म का ज्ञान कराने वाला गुरू ही उपास्य है। संसार रूप अज्ञान का नाश होने पर गम्भीर ज्ञान रूप शेष ब्रह्म ही शिष्य है। सभी मे स्थित ज्ञानरूपी आत्मा का ज्ञाता विद्वान है। कर्ता आदि होने का अहंकार करनेवाला मूर्ख है। ब्रह्मा, विष्णु आदि के ऐश्वर्य की इच्छा से जप आदि द्वारा अंतरात्मा को दुःख देनेवाला तथा उग्रता आदि दुर्गुणोंवाला यदि तप करें, तो वह आसुरी है। 'ब्रह्म सत्यं जगत मिथ्या' इस भाव से ब्रह्मा आदि के ऐश्वर्य को प्राप्ति हेतु किया गया कार्य तप है। प्राण इंद्रिय आदि से भिन्न परम ब्रह्म का स्थान ही परमपद है। देश, काल आदि की सीमा से रहित चिन्मात्र स्वरूप ग्राह्य है। माया रचित बुद्धि, मन आदि द्वारा ग्राह्य जगत को सत्य मानना अग्राह्य है। सब कर्मो को छोड़कर ब्रह्म की शरण में जाना 'मै ब्रह्म हूं', 'यह सब ब्रह्म ही है', इस विचार से निर्विकल्पक समाधि मे रहना और यती सदृश व्यवहारवाला पुरुष ही सन्यासी है, 'मुक्त है। वही पूज्य, योगी, परमहंस, अवधूत है। वही ब्राह्मण है। ऐसे व्यक्ति गुरु कृपा से अग्नि समान पवित्र होकर फिर जन्म लेकर ससार मे नही जाता, यही रहस्य है। (30-40)

□

27. गायत्री उपनिषद्

प्रथम कंडिका

एकादशाक्ष मौद्गल्य के पास ग्लाव और मैत्रेय पहुचे। मौद्गल्य के एक ब्रह्मचारी को देखकर उपहास में ग्लाव वोले, 'मौद्गल्य अपने इस ब्रह्मचारी को क्या पढ़ाता है?' इस बात को सुनकर ब्रह्मचारी ने अपने आचार्य के पास जाकर कहा, 'आज आए अतिथि ने आपको मूर्ख कहा है।' मौद्गल्य वोले, 'क्या वह विद्वान है?' शिष्य वोला, 'हां, वे तीनों वेदों के प्रवाचक है।' आचार्य ने कहा, 'उनका जो विद्वान सूक्ष्मदर्शी विजय इच्छुक शिष्य हो, उसे वुला लाओ।' शिष्य ने ऐसा ही किया। उस शिष्य से मौद्गल्य ने पूछा कि उसके गुरु उसे क्या पढाते हैं?' शिष्य ने उत्तर मे बताया कि आचार्य तीनों वेद पढ़ाते है। तव मौद्गल्य वोले, 'तव तो वे यह जानते होंगे कि आचार्य शिष्य को गायत्री का ही उपदेश देते है और वे इसके मूल अर्थ को वता देंगे। उनसे कहना कि आपने मौद्गल्य को मूर्ख तो कहा, यदि उनके प्रश्न का उत्तर आप न दे पाए, तो एक वर्ष के भीतर आपको कोई कष्ट होगा। मैंने भी सभी वेद पढे हैं। वे मुझे मूर्ख क्यों कहते है? क्या उस आचार्य का मुझसे ऐसा कहना उचित है? मेरे इस प्रश्न का उत्तर न देने का अर्थ होगा, वे इसे पढाते भी नही होंगे।' फिर आचार्य अपने शिष्य से वोले, 'साम्य। ग्लाव एव मैत्रेय के पास जाओ तथा उनसे कहो कि वे तुम्हें वारह मिथुन एव चौवीस योनिवाली, भृगु-अगिरा नेत्रोंवाली, सवकी आश्रय गायत्री तुम्हें पढाए।

द्वितीय कंडिका

शिष्य मैत्रेय के पास गया, किंतु मैत्रेय उसे उत्तर न दे सके। तव शिष्य ने कहा कि उसने (मैत्रेय ने) मौद्गल्य को मूर्ख कहा था, किंतु उनके प्रश्न का उत्तर वह न दे पाए। अत एक वर्ष में उन्हें कोई कष्ट होगा। 'इससे दुखी होकर मैत्रेय ने अपने शिष्यों को उनके घरों को लौटा दिया तथा स्वय मौद्गल्य को प्रसन्न करने के लिए दूसरी प्रात. हाथ में समिधा लेकर उनके पास जाकर कहा कि वह उनकी सेवा में आया है। मौद्गल्य द्वारा इसका कारण पूछे जाने पर वताया कि वह उन्हें मूर्ख वताने पर भी उनके प्रश्न का उत्तर न दे पाया अत उन्हें प्रसन्न करने आया है। तव मौद्गल्य वोले, 'लोगों का कहना है कि यहा आने पर भी आपकी भावना शुद्ध नही हुई है, तथापि मैं तुम्हें कल्याणकारी भावना देकर विदा करता हूं।' आभार मानते हुए मैत्रेय उनकी सेवा में शिष्य रूप में रहने लगे। तव इन्होंने पूछा, 'यदि आप जानते है, तो कृपया वतलाइए कि सविता का वरण 'करने योग्य 'भर्ग' क्या है? 'धी' तथा इसका प्रेरक क्या है?' आचार्य ने उत्तर दिया, 'वेद एव छंद सविता के 'वरेण्य' (वरण करने योग्य) है, विद्वानों ने अन्न को देव का 'भर्ग' कहा है। कर्म ही 'धी' है, जिसमे प्रेरणा दाता [illegible] है।

तृतीय कंडिका

मन सविता, वाक सावित्री है और जहां एक रहता है, वही दूसरा भी रहता है। दोनो दो योनि-एक मिथुन है। अग्नि सविता एवं पृथ्वी सावित्री है। वायु सविता और अंतरिक्ष सावित्री है। आदित्य सविता एवं द्यौ सावित्री है। चंद्रमा सविता तथा नक्षत्र सावित्री है। दिन सविता, रात्रि सावित्री है। उष्ण सविता, शीत सावित्री है। बादल-वर्षा, विद्युत-तड़क, प्राण-अन्न, वेद-छद, यज्ञ-दक्षिणा, यह प्रत्येक जोडा क्रमश सविता एवं सावित्री है। जहां एक रहता है, वही दूसरा भी रहता है। दोनों दो योनि एवं एक मिथुन है। 'हे विद्वान एवं परोपकारी यह ब्रह्मचारी आपकी सेवा में आया है और ज्ञान से पूर्ण हो गया है।' यह कहकर आचार्य चले गए। तब मैत्रेय ने अनुभव किया कि वह इसे जान गया है। इन योनियों में अथवा मिथुनों मे आया हुआ उनका कोई शिष्य अल्पायु नही होगा।

चतुर्थ कंडिका

प्रतिष्ठा और आयतन को देखकर ब्रह्म ने कहा कि यदि तप-व्रत किया जाए, तो सत्य मे प्रतिष्ठा होती है। सविता ने सावित्री से ब्राह्मण की सृष्टि की। उसने सावित्री को घेर लिया। सावित्री का प्रथम चरण 'तत्सवितुर्वरिण्यं' है। पृथ्वी से ऋक को ऋक से अग्नि को फिर अग्नि से श्री, स्त्री, मिथुन, प्रजा कर्म, तप, सत्य, ब्रह्मा— एक से एक युक्त हुए। ब्रह्मा से ब्राह्मण और ब्राह्मण से व्रत जुडा। व्रत से ही ब्राह्मण तीक्ष्ण, पूर्ण एवं अविच्छिन्न होता है। इसे जानकर इसी प्रकार व्याख्या करनेवाले विद्वान का वश तथा जीवन अविछिन्न होता है।

पंचम कंडिका

'भर्गो देवस्य धीमहि' गायत्री का दूसरा चरण है। अंतरिक्ष से यजुष को, यजुप से वायु, वायु से मेघ, वर्षा, औषधिया, पशु, कर्म, तप, सत्य, ब्रह्म, ब्राह्मण और व्रत परस्पर एक-दूसरे से युक्त करता है। व्रत से ब्राह्मण तीक्ष्ण और अविछिन्न होता है। इस प्रकार की व्याख्या इस द्वितीय चरण की करने पर वंश तथा जीवन अविछिन्न होता है।

षष्ठ कंडिका

'धियो या नः प्रचोदयात्' यह गायत्री का तृतीय पाद है। द्यु लोक, साम, आदित्य, रश्मियां, वर्षा, औषधिया, पशु, कर्म, तप, सत्य, ब्रह्म, ब्राह्मण और व्रत को क्रमश अपने वादवाले मे युक्त किया। व्रत से ब्राह्मण तीक्ष्ण, पूर्ण एव अविच्छिन्न वंशवाला होता है।

सप्तम कंडिका

सावित्री के इन तीनों पादों का ज्ञाता ब्राह्मण अभिपन्न, ग्रसित और परामृष्ठ होता है। आकाश गी ब्रह्म से अभिपन्न आदि है। आकाश से वायु, वायु से ज्योति, ज्योति मे जल, जल मे भूमि, भूमि

से अन्न, अन्न से प्राण, प्राणों से मन, मन से वाणी, वाणी से वेद तथा वेदों से यज्ञ अभिपन्न (प्राप्त), ग्रसित तथा परामृष्ट है। इस प्रकार ये वारह महाभूत प्रतिष्ठित है। इनमें यज्ञ श्रेष्ठ है। अपने को इसका मर्मज्ञ समझनेवाला वस्तुत इसे जानता ही नही।

यज्ञ वेदों में, वेद वाणी में, वाणी मन में, मन प्राण में, प्राण अन्न में, अन्न भूमि में, भूमि जल में, जल तेज में, तेज वायु में, वायु आकाश में, आकाश ब्रह्म में और ब्रह्मज्ञान ब्राह्मण मे प्रतिष्ठित है। इसका ब्रह्मज्ञानी पुण्य, कीर्ति, सुगध को प्राप्त करके निष्पाप बनकर अनत ऐश्वर्य को प्राप्त करता है।

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

ज्ञानी मनुष्य शास्त्राध्ययन कर बार-बार अभ्यास करे। परम ब्रह्म को जानकर सासारिक नश्वर मोहों से दूर रहे। 'ओम' रूपी रथ में बैठकर, विष्णु को सारथी बनाकर रुद्र की आराधना मे तत्पर ब्रह्मलोक का इच्छुक मार्ग समाप्त होने तक रथ को चलाता जाए। तब मनुष्य इस रथ को छोडकर आगे बढ जाता है। 'ओम' की मात्राओ, पद विश्व, विराट ध्यान एवं त्याग के बाद 'म' के वाचक ईश्वर के ध्यान से तुरीय तत्त्व मे प्रवेश होता है। यह समस्त प्रपचों से दूर है। शब्दादि विषय तथा चंचल मन इन्हें सूर्य के समान अपने आत्मा मे देखें, आत्मचितन करे। इसे प्रत्याहार कहते है। प्राण, याम, धारणा, ध्यान, तर्क एवं समाधि, योग, के इन छ अगों के बाद प्रत्याहार की गणना होती है। (1-6)

तपाने से जैसे सोना शुद्ध होता है, वैसे ही इंद्रियो से मिले दोष प्राणायाम से नष्ट होते है। प्राणायाम से दोषों तथा धारणा से पापो को दूर करते हुए आराध्य का ध्यान करते हुए पूरक, रेचक एवं कुभक करते हुए प्राणायाम का अभ्यास करे। व्याह ति एव ओम के साथ तीन बार गायत्री मत्र पढते हुए पूरक । कुंभक रेचक करना ही प्राणायाम है। वायु को मुह से बाहर निकालकर हदय को वायु एवं विचारों से रिक्त करना रेचक है। कमल नाल के समान मुंह से वायु को धीरे-धीरे अदर खीचना पूरक है। श्वांस को हिले डुले बिना अदर ही रोकना कुभक है। सब कुछ देखते हुए भी अंधे के समान न देखना, बहरे के समान न सुनना और देह को काष्ठ जैसा समझना प्रशात स्थिति है। सकल्पात्मक मानते हुए मन को परमात्मा में लगाना और उसी का चितन करना 'धारणा' है। शास्त्रानुकूल विचार तर्क है। जिसकी प्राप्ति पर अन्य प्राप्तियां हीन लगने लगे यही समाधि है। (7-16)

निर्दोष सुदर भूमि में कुशासन पर पद्मासन आदि लगाकर उत्तराभिमुख बैठकर प्रथमडल का मानसिक जप करें। फिर एक अंगुली से एक नाकछिद्र को बंद करके दूसरे से सास खीचे फिर दोनो छिद्रों को बद करके वायु को रोकें। तेजोमय ब्रह्म के एकाक्षर रूप ओम का चितन करते हुए रेचक करें। इसी प्रकार अनेक बार करें, किंतु एक समय में स्थूलादि मात्रा से अधिक न करें। दृष्टि को तिरछी, ऊपर या नीचे न करते हुए, अचल एवं कंपनहीन होकर सदा योगाभ्यास करें अभ्यास नियमित हो। यह अभ्यास ताल, मात्रा, निष्कंप, धारणा योजन तथा द्वादश मात्राओं के नियमवाला है। यह अक्षर अघोष अव्यजन, अनासिक, ओष्ठयहीन एव 'र' वर्णहीन है। यह कभी नष्ट नही होता। जिससे योगी प्राणों के जानेवाले मार्ग को देखता है, उस मार्ग के प्राप्ति के लिए उसका नित्य अभ्यास करें। वायु का प्रवेश-द्वार हृदय है तथा इसके ऊपर मूर्धाद्वार और इसके भी ऊपर मोक्षद्वार है। यही सुषिर मंडल कहलाता है (17-26)।

योगी के लिए आलस्य, भय और निद्रा-भोजन-जागरण की अधिकता, निराहार रहना तथा क्रोध वर्जित है। इस विधि से नित्य सही अभ्यास करने से योगी तीन मास मे नि.सदेह ज्ञान, चार में देव-दर्शन, पाच या छ मास में कैवल्य प्राप्त कर लेता है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एव आकाश—इन पांचो तत्त्वों की धारणा के समय क्रमश· प्रवण की पाच, चार, तीन, दो और एक मात्रा का तथा प्रणव का चितन करते समय उसकी आधी मात्रा का चितन करना चाहिए। पचभूतो की सिद्धि एव चिंतन मानसिक धारणा द्वारा करना चाहिए। इससे ये वश मे होते है। तीन अंगुली लबा श्वास प्राण वायु का आधार है। वस्तुत· यही प्राणा कहा जाता है। दिखाई पड़नेवाले बाहरी प्राण मे एक लाख, तेरह हजार, छ सौ अस्सी नि श्वास एक दिन-रात मे होते है। प्राण, अपान, उदान, व्यान तथा समान क्रमश हृदय मे, गुदा मे, कठ मे, सारे शरीर में तथा नाभि मे रहते है। इनका वर्ण क्रमश· लाल मणि के समान, इद्रगोप मणि के समान, धूसर, आग की लौ जैसा तथा गाय के दूध जैसा होता है। जिस साधक का प्राण इस मडल का भेदन करके मस्तिष्क में प्रवेश कर ले, वह कही भी क्यों न मरे, उसका पुनर्जन्म नही होता। (27-38)

□

29. एकाक्षरोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

हे ईश्वर । तुम एक अक्षर(अनश्वर) सोम में सुषुम्ना से प्रविष्ट हो,तुम विश्वगर्भ पुराण पर्जन्य तथा भुवनो के एकमात्र रक्षक हो। तुम कण-कण में व्याप्त,कवियों के आश्रय,अग्नि,विश्वपिता, सर्वप्रथम उत्पन्न,हिरण्यरेता,यज्ञ और विभु हो। विश्व के प्राण,जन्म और योनियां तुम्हारे कारण ही है। तुमने एक चरण से विश्व को व्याप्त किया है। तुम विश्व की उत्पत्ति के कारण और प्राण हो। उसके धनुष-बाणवाले रक्षक कुमार भी तुम हो। सूर्य तुम्हीं से प्रकाशमान है। कार्तिकेय रूप मे देव सेनापति तुम्ही हो। अरिष्टनेमि भी तुम्ही हो। वज्र धारण करनेवाले इद्र,प्राणियों के स्वामी रुद्र,प्रजा की इच्छा करनेवाले,स्वाहा,स्वधा और वषट् भी तुम हो तथा प्राणियों की गुहा में रहनेवाले भी तुम्हीं हो। तुम्ही धाता,विधाता,पवन गरुड़,विष्णु,बाराह,रात,दिन,भूत,भविष्य,वर्तमान,क्रिया,काल तथा परम अक्षर भी तुम हो। तुम्हारे मुह से ही वेद निकलते हैं,तुम्ही सम्राट,वसु,अतरिक्ष,यज्ञनेता, यज्ञाग्नि तथा पैत्यगण हो। (1-7)

यह अधकार नाशक सूर्य तथा हृदयाकाश में ब्रह्मांड रूपी गर्भ वाली सुनाभि भी तुम हो। सर्ववेद्य, भुवन रक्षक,प्रजाओं की आधारनाभि,सवमें ओत-प्रोत,विविध गतियोवाला प्रजापति, छंदमय विगर्व है। तुम रजोगुण से परे हो। चारों वेदों से तुम्हारी स्तुति होती है। तुम्ही स्त्री,पुरुष, कुमार,कुमारी,धाता,वरुण,राजा,वर्षा,सूर्य आदि सभी हो। सूर्य,गरुड़,चद्र,वरुण आदि भी तुम हो,भू,भुव ,स्वः तुम हो। इस हृदयस्थित पुराण पुरुष को,जो सब मे विद्यमान है,समझता है,वह ज्ञानियों की परम गति को प्राप्त करके अविद्या का नाश करके जीवनमुक्त हो जाता है। (8-13)

□

30. नादविंदूपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठा मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्य एधिवेस्य मे आपीस्थ । श्रुतं मे प्रहासी । अनेनाधीतेताहोरात्रांसदधा म्यृतं वदिव्याज्ञि । सत्यं तन्मामवत् तद्वक्तात्म्वत्त, अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् । ॐ शांति· शाति शाति. ।

ओम (ॐ) को हस मानने पर (ओम = अ + उ + म) अ,उ तथा म क्रमशः इसके दाहिना, बायां पख और पूछ हैं । अर्ध मात्रा सिर है । तो सत्त्व, रजस एवं तमोगुण क्रमशः शरीर एवं दो पांव कहलाएगे । भू:, भुव , स्व· और महालोक क्रमश· पैरों, जांघों, कमर तथा नाभि में होंगे । हृदय, कंठ, ललाट में, भौंहों के मध्य में क्रमश. जनलोक, तपोलोक तथा सत्यलोक होंगे । इस प्रणरूप हंस में आरूढ होकर यथाविधि अनुष्ठान आदि करने से पापमुक्ति एवं मोक्ष प्राप्त होता है । आग्नेयी इसकी प्रथम तथा वायव्य द्वितीय मात्रा है । तृतीय उत्तर मात्रा भानुमंडल है तथा चौथी अर्धमात्रा वारुणी है । मात्राओं में तीन-तीन मुख हैं । यह प्रणव धारणा आदि द्वारा जाना जाता है । इसकी बारह कलाए क्रमश· इस प्रकार है घोषिणी, विद्युन्माला, पतंगी, वायुवेगिनी, नामधेया, ऐंद्री, वैष्णवी, शाकरी, महत्ती, नामधृति, नारी और ब्रह्मी । (1-11)

इन मात्राओं में पहली से बारहवी मात्रा तक साधक के प्राण छूटने पर क्रमश. भारत का चक्रवर्ती सम्राट्, यशस्वी यक्ष, विद्या धर, गंधर्व, तुषित देवताओं के साथ ऐश्वर्य, इद्र का सायुज्य, विष्णु पद, रूद्र की सीवापता, महलोक, जनलोक, तपोलोक तथा शाश्वत ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है । ब्रह्मज्ञान हेतु उससे उच्च, शुद्ध आदि कल्याणकारी तत्त्व है, जिससे सब ज्योतियों का उदय होता है । तव मन के अतींद्रिय गुणातीत, अनुपम शांत शिव में लीन हो जाने पर अद्वितीय योगमार्ग के पथिक ईश्वर-श्रद्धा से सभी आकर्षणों को त्यागकर धीरे-धीरे शरीरस्थ अहं को भी त्याग देता है । तव बधनों के मुक्त होने पर कैवल्य प्राप्त करके साधक साक्षात परमब्रह्म होकर परमानंद प्राप्त करता है । अत सतत आत्मा ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए, पूर्वजन्म के कर्मफलों के दुख से उद्विग्न नही होना चाहिए । आत्मज्ञान होने पर भी प्रारब्ध साथ नही छोड़ते । (12-22)

जिस प्रकार नींद से उठने पर स्वप्न की असत्यता होती है, वैसे ही आत्मज्ञान होने पर प्रारब्ध का भी नाश होता है । पूर्व जन्म के सांचित कर्म प्रारब्ध कहलाते हैं, आत्मज्ञानी पूर्व जन्म को ही मिथ्या समझता है, अत प्रारब्ध कैसा ? जैसे स्वप्न की वस्तुएं आभास मात्र होती हैं, वैसे ही ज्ञानी के लिए यह देह होती है । आभासी वस्तु का जन्म ही नही होता । जैसे मिट्टी अपने बर्तनों के उत्पादन का कारण होती है, वैसे ही आत्मा ही सारे सृष्टि प्रपंच का कारण है । वेदांत के अनुसार अज्ञान ही इसका कारण है, अज्ञान नाश पर संसार भी नही रहता । यह सब रस्सी में सांप के भ्रम जैसा है । रस्सी को जानने पर भ्रम नष्ट होने के समान ही आत्मज्ञान से सांसारिक भ्रम भी दूर हो जाता है । इस स्थिति में पहुचकर साधक प्रारब्ध को नही देखता, प्रारब्ध की बातें अज्ञानियोंके लिए हैं । इसका

नाश होने पर आत्मा एवं ब्रह्म के चितन से ज्योति रूप परमात्मा का नाद रूप में साक्षात्कार होता है। योगी सिद्धासन में बैठे, वैष्णवी मुद्रा धारण करे, अनाहत ध्वनि दाहिने कान से सुने। यह नादका अभ्यास बाह्य ध्वनियो को रोक लेता है, इस प्रकार प्रणव के दो पक्षो के बाद सपूर्ण प्रणव को जीतकर तुर्य पद प्राप्त करे। प्रारंभ में नाद नानाविध होता है कितु अभ्यास से फिर यह सूक्ष्म सुनाई देता है। (23-33)

प्रारंभ में नाद-ध्वनि समुद्र, मेघ, भेरी और झरने की तरह, मध्य में सर्दल, घंटा तथा काहल वाद्यो की ध्वनि के समान तथा अंत में घूंघरू, वंशी, वीणा एवं भ्रमर की आवाज के समान धीमे से सुनाई देती है। प्रारंभ की ध्वनि सुनाई पड़ने पर धीमे नाद की कल्पना करनी चाहिए। तृतीय प्रकार के नाद मे आने पर मन को भटकने न दे। जिस नाद में मन लगे वह उसी में स्थिर और लीन हो जाता है। सासारिकता भूलकर फिर वह दूध में पानी की तरह मिल जाता है। नाद के साथ चिदाकाश मे लय हो जाता है। उदासीन होकर रुचिकार नाद का चितन करते हुए, चेष्टाओ को त्यागकर चित्तकोलय करनेवाले नाद का अनुसंधान करे। जैसे भ्रमर रस ही लेता है, गंध नही, वैसे ही साधक नाद में ही आनंदित होता है; विषयों मे नही। नाद ध्वनि से विस्मृत सर्प के समान चित्त भी नाद में सासारिकता भूल जाता है। विषयी हाथी के समान मन भी अंकुश रूपी नाद से वश मे हो जाता है। मन रूपी हिरन या लहरो को रोकने के लिए नाद जाल या बांध के समान है। (34-45)

नाद के प्रणव से सलग्न होने पर वह ज्योतिर्मय हो जाता है और लीन हो जाता है। यही विष्णु का परम पद है। शब्दों के सुनाई देने तक ही मन मे आकाश का संकल्प रहता है। नाद मद पडने पर मन भी नही रहता। नाद मे अक्षर की समाप्ति को परम पद समझें। नादानुसधान वासना को नष्ट करता है और मन को परमब्रह्म में लीन करता है, अर्थात् असंख्य नाद और विदुंका इसमे लीन हो जाते है। तब यह योगी की मुख्यावस्था है। तब योगी सभी चिताओं से हीन मृत के समान हो जाता है। उसे शंख दुंदुभियो का नाद भी नही सुनाई देता। मन से रहित अवस्था में देह काष्ठ जैसी जड हो जाती है। उसे शीत-उष्ण की भी प्रतीति नहीं होती और सुख-दुःख की और न मान-अपमान की ही। उदासीन योगी को अब स्वप्न, जागृत एव सुषुप्त से भी मुक्ति हो जाती है। न दिखाई पड़नेवाली वस्तु के अभाव में उसकी दृष्टि, प्रत्येक अभाव में वायु और अवलंब के अभाव मे उसका चित्त स्थिर हो जाता है, ऐसा योगी ब्रह्म प्रणव नाद की तुरीय अवस्था में पहुचा हुआ होता है। (35-56)

□

31. तुरीयातीतोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

पितामह ब्रह्म पिता आदिनारायण के पास जाकर बोले कि तुरीयातीत अवधूत का कौन-सा मार्ग है ? इसपर नारायण बोले, 'अवधूत मार्ग पर चलनेवाले व्यक्ति विरले ही होते है । विद्वानो का मत है कि यदि एक भी ऐसा व्यक्ति होता है, तो उसका चित्त मुझमें तथा मै उसके अतः मे रहता हू । कुटीचक्र, बहूदक, हस एव परमहस, उसकी ये चार अवस्थाएं क्रमश होती है । आत्मानुसधान से समस्त प्रपच को जान लेने पर वह दंड, कमंडलु, कटिसूत्र, कौपीन वस्त्र तथा अन्य क्रियाओ को भी जल में त्याग देते हैं । दिगबर बनकर छालों के वस्त्र आदि को त्यागकर नियम हीन बन जाते है । बाल काटना, तिलक करना, लौकिक-वैदिक कर्मकांड, पुण्य-अपुण्य, ज्ञान-अज्ञान आदि सभी कुछ का परित्याग कर देते हैं । उन्हें शीत-उष्ण, मान-अपमान, निंदा-स्तुति, गर्व, मोह, लोभ, द्वेष काम, क्रोध, सुख-दुःख आदि सभी को आग में झोंककर अपने शरीर को मुर्दा समझ लेते है । गाय की तरह जो भी सुलभ हो उसी से प्राण धारण करते हुए लालच, पाडित्य, ऊच-नीच भावना को धूल समझने लगते हैं । वे राग-विराग शुभाशुभ से ऊपर होते है । उनकी इंद्रिया शात हो जाती है । पूर्व जीवन के आश्रम, धर्म आदि को भूलने के साथ ही वर्णाश्रम को त्याग देने है । सदा सावधान रहते हुए रात दिन विचरण, उमत्तता रही होने पर भी बालक, पागल या पिशाच के समान अकेले रहना, न बोलना, आत्मस्वरूप का चिंतन करते रहना आदि लक्षणोंवाला अवधूत 'ओम' के भाव में डूबर शरीर त्यागता है । ऐसा अवधूत कृतार्थ हो जाता है । यही इसका सार है ।

□

32. योगराजोपनिषद्

योगियो की योगसिद्धि के लिए योगराज उपनिषद कहा जाता है। योगचतुर्विध होता है—मंत्रयोग,लययोग,राजयोग तथा हठ योग,योग के तत्त्व-द्रष्टाओं ने इसकी चार अवस्थाए मानी है। आसन,प्राणसंरोध,ध्यान और समाधि प्रत्येक योग मे इनकी उपस्थिति है। विद्वान,ब्रह्मा,विष्णु, शिव आदि का जप करें। वत्सराज आदि ने मत्रयोग और व्यास आदि द्वारा लययोग की सिद्धि की गई। महात्मा नौ चक्रों में लय से सिद्धि प्राप्त करते है। भगाकृति ब्रह्मचक्र प्रथम है,जो तीन घेरो का होता है। मूलकद अपान स्थल मे है,इसे कामरूप,वह्निकुंड और तत्त्वकुडलिनी कहा जाता है। मुक्ति हेतु ज्योतिरूप जीव का ध्यान करे। दूसरा स्वाधीष्ठान चक्र बीच में बताया गया है। प्रवाल के अंकुर के समान पश्चिमा भिमुख एक लिग है,जिसका उड्डीयाण पीठ मे ध्यान करते हुए जगत को आकर्षित करे। तृतीय नाभि चक्र के मध्य में जगत स्थित है। विद्युत के समान पाच चक्रवाली मध्य शक्ति का चितन करे। इसके ध्यान से विद्वान सभी सिद्धिया प्राप्त करता है। चौथा हदय-चक्र है,यह अधोमुख है। उसके मध्य में प्रकाश स्वरूप हंस का प्रयत्नपूर्वक चितन करना चाहिए,इसके ध्यान से नि सदेह सारा जगत वश में हो जाता है।(1-11)

पांचवां कंठ-चक्र है। बाए इडा,दाहिने पिगला तथा मध्य सुषुम्ना स्थित है। उसमे पवित्र ज्योति का ध्यान करने से सिद्धियां मिलती है। छठा तारका चक्र है,इसे घंटिका स्थान भी कहते है। दशम द्वार मार्ग है,इसे राज दंत भी कहा जाता है,वहा शून्य में मन को लीन करने पर निश्चय मुक्ति होती है। सातवा भू-चक्र बिदु-स्थान भी कहलाता है। भौहो के मध्य में वतुर्लाकार ज्योति का ध्यान करने से मुक्ति होती है। आठवा निर्वाण सूचक ब्रह्मरंध्र नामक चक्र है। धुए के समान सूचिका समूह का ध्यान करने से योगी मुक्त होता है। इसे मोक्षप्रद नीलचेतस जालधर समझना चाहिए। नवा सोलह दलवाला व्योम चक्र है। पराशक्तिवाले इस चक्र को संविद कहते है। इस पूर्ण गिरि शक्ति पीठ ध्यान से मुक्ति मिलती है। इन नौ चक्रों में प्रत्येक के ध्यान से सिद्धि-मुक्ति हाथ में आ जाती है। ज्ञानरूपी आखों से जो मध्य में दो दडों को देखते है,वे ब्रह्मलोक जाते हैं। ऊर्ध्व शक्ति के निपात अद्य. शक्ति के सकोच तथा मध्यशक्ति के प्रबोध से निसदेह परमसुख मिलता है। (12-21)

□

33. आत्मपूजोपनिषद्

आत्मा का अनवरत चिंतन ही ध्यान है। समस्त कर्मों का निराकरण आह्वान है। निश्चल ज्ञान आसन है उसके प्रति उन्मुख रहना पाद्य है, मन लगाए रखना नमस्कार है। आत्मा का दीप्त रहना आचमन है। वरप्राप्ति स्नान और सभी आत्माओं के दृश्य का विलय ही गंध है। विशेष दृष्टि अक्षत है। परिपूर्ण चद्ररूप अमृत का एकीकरण नैवेद्य है। चित्त की दीप्ति पुष्प है। सूर्यात्मक बनना दीप है। निश्चलता प्रदक्षिणा। मैं वही हूं यह भाव नमस्कार है। परमेश्वर की स्तुति मौन है। सदा सतोष विसर्जन है। इस प्रकार परिपूर्ण राजयोगी का सर्वात्मक पूजोपचार होता है। सर्वात्मकता ही आत्मा का आधार है। मैं सभी दुखों से हीन परिपूर्ण ब्रह्म हूं, यही भावना मोक्ष के इच्छुकों की मोक्ष सिद्धि है। यही सार है।

□

34. ब्रह्म उपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शांति शांति शाति ।

परमात्मा हम दोनों गुरु-शिष्यो की साथ-साथ रक्षा करे। साथ-साथ ही हमें भोज्य पदार्थ प्रदान करे। हम दोनों मिलकर वीरता के कार्य करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो और हम परस्पर विद्वेष न करे। शारीरिक, भौतिक और दैविक त्रिविध ताप (दुःख) शांत हो।

इस देह मे परम पुरुष के नाभि, हृदय, कंठ एवं मूर्धा, ये चार स्थान है, जहा वह चतुष्पाद (चार चरणोंवाला) ब्रह्म सुशोभित है। जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति तथा तुरीय, इन चारों अवस्थाओ मे क्रमश ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और परम अक्षर ब्रह्म प्रकाशयुक्त रहते हैं। वह आदित्य, विष्णु, इद्र आदि नामवाला परमात्मा मन, कान, हाथ, पांव आदि से रहित ज्योति स्वरूप है। जहा लोक, वेद, देवता, यज्ञ, माता, पिता, बहिन, चाडाल, भील, श्रमण, तापस आदि सभी अपने रूपों मे नही रहते, अपितु एक निर्वाणरूप परम ब्रह्म ही रहता है, वही उसका रूप है। देवता, ऋषि, पितर इसे नही बता सकते समस्त विद्यामय वह ब्रह्म केवल ज्ञान से ही जाना जा सकता है। देवता, प्राण और ज्योति हृदय मे रहते है, ज्ञानी उसे इसी प्रकार जानते है। ये ज्ञानी त्रिवृत्त सूत्र को (जनेऊ) जाननेवाले है। यह यज्ञोपवीत परम पवित्र है। यह प्रजापति के साथ ही उत्पन्न हुआ। आयु देनेवाला समझते हुए इस परम पवित्र यज्ञोपवीत को धारण करने से बल एवं तेज से युक्त बनो।(1-5)

ज्ञान शिखा सहित मुडन करके बाह्य यज्ञोपवीत को त्यागकर अक्षर (अविनाशी) परम ब्रह्म रूपी सूत्र को धारण करे। परम ब्रह्म की सूचना देने के कारण ही इसे सूत्र कहते है। अत इस सूत्र को जाननेवाला विप्र वेदों में पारगत हो जाता है। जैसे सूत में माला के मोती पिरोए जाते है, वैसे ही इस सूत्र (जनेऊ) रूपी ब्रह्म में यह समस्त विश्व गुथा हुआ है। इसलिए इसे सूत्र कहा जाता है। योगवेत्ता एवं तत्त्वद्रष्टा व्यक्ति को इसे धारण करना चाहिए। उत्तम योग में स्थित योगी बाह्य सूत्र का परित्याग करके ब्रह्म के स्वरूप के ज्ञानरूपी सूत्र को धारण करे, इसको धारण करनेवाला चैतन्य हो जाता है तथा उसे पवित्रता प्राप्त होती है। ज्ञानरूपी इस यज्ञोपवीत को धारण करनेवाले ही इसके वास्तविक ज्ञाता तथा इसे धारण करनेवाले हैं। (6-10)

जो ज्ञानरूपी शिखा एवं यज्ञोपवीत धारण करते हैं और जिनकी ज्ञान में निष्ठा है, उन्हें ज्ञान परम पवित्र बना देता है। अग्नि के समान ज्ञानरूपी शिखावाले वास्तविक शिखावाले हैं, न कि केशों की शिखा रखनेवाले। वैदिक कर्मों में अधिकृत ब्राह्मण आदि ही इसे धारण करें, क्योंकि यह इन क्रियाओं का अग है। ब्रह्मवेत्ताओं का मत है कि जिसकी शिखा ज्ञानमय तथा सूत्र (जनेऊ) ब्रह्ममय है, वही सच्चे अर्थों में ब्राह्मण है। यह यज्ञोपवीत श्रेष्ठ परायण है, अत विद्वान यज्ञोपवीत

धारण करनेवाले यज्ञरूप एव यज्वा कहे जाते हैं। परमात्मा अकेला सबका आत्मा सर्वव्यापक साक्षी चेतन केवल है। एक ही परमात्मा सभी प्राणियों में स्थित है, जो उन्हें अनेक रूपों में बनाता है। उसे आत्मा में स्थित देखनेवाले धैर्यशाली ही शाश्वत सुख प्राप्त करते है। आत्मा एव प्रणव को क्रमश नीचे और ऊपर की अरणी वनाकर ध्यानरूपी मंथन से इस निगूढ़ आत्मा का दर्शन करें। तिलों में तेल, दही में घी, स्रोतों में जल, लकड़ी में अग्नि के समान आत्मा में स्थित इस परमात्मा को विद्वान सत्य एव तप से देखता है। (11-19)

जैसे मकड़ी जाले को वनाती और समेट लेती है, वैसे ही जीवात्मा जागृत एवं स्वप्नावस्था मे आता-जाता है। जागृत, स्वप्न, सुषुप्त एव तुरीय—इन चारों अवस्थाओं का आत्मा क्रमश नेत्र, कंठ, हृदय और मूर्धा में रहता है। जहा मन के साथ वाणी भी उसे प्राप्त किए बिना ही लौटकर वापस आ जाती है, उसे जाननेवाला मुक्त हो जाता है। सर्वत्र व्यापक आत्मा दूध मे घी के समान स्थित है। उसे आत्मज्ञान एवं तप से ही प्राप्त किया जा सकता है। यही ब्रह्म उपनिषदो का परम वर्णनीय विषय है। (20-23)

□

35. ब्रह्मविद्या उपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शांति शांति शांति.।

परमात्मा हम दोनों गुरु-शिष्यों की साथ-साथ रक्षा करे। साथ-साथ ही हमें भोज्य पदार्थ प्रदान करे। हम दोनों मिलकर वीरता के कार्य करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो और हम परस्पर विद्वेष न करें। शारीरिक, भौतिक और दैविक त्रिविध ताप (दुःख) शांत हों।

ब्रह्मविद्या उपनिषद् का वर्णन किया जाता है। अद्भुत कर्मोंवाले विष्णु-रूपी ब्रह्म के प्रसाद से ध्रुव अग्नि रूपी ब्रह्मविद्या का रहस्य कहा जाता है। ब्रह्म वेत्ताओं द्वारा जिसे एकाक्षर ब्रह्म कहा गया है,उसके स्वरूप तथा तीनो कालों के विषय में वताता हूं। उस प्रणव में तीन देवता, तीन वेद, तीन अग्निया तीन अक्षरवाले शिव को तीन मात्राओं तथा अर्ध मात्रा के समान है। इस ओम (अ+उ+म) में विद्वानों ने ऋग्वेद, गार्हपत्य अग्नि, पृथ्वी तत्त्व तथा ब्रह्मा को 'अ' का शरीर, यजुर्वेद, दक्षिणाग्नि, आकाश तत्त्व एवं विष्णु को 'उ' का शरीर तथा सामवेद, आह्वनीय अग्नि, द्यौ तत्त्व तथा परमेश्वर को 'म' का शरीर वताया है। इसके शंख के समान मध्य भाग का 'अ' सूर्य मंडल में,'उ' चंद्र मंडल में तथा धुएं से रहित अग्नि और विद्युत 'म' में रहनेवाली दीपक की शिखा के समान इसकी अर्धमात्रा होती है। कमल की नाल के समान सूक्ष्म दूसरी शिखा वहत्तर हजार नाड़ियों को भेदकर मूर्धा में सभी प्राणियों को वरदान देनेवाली सर्व व्याप्त जैसी स्थिति मे रहती है। (1-11)

जैसे कांसे के घंटे का शब्द शांति के लिए लीन करता है,वैसे ही सव प्रकार की शाति चाहने के लिए ओंकार का प्रयोग करना चाहिए। जिसमें शब्द लीन हो जाते हैं,उसे ब्रह्म कहा गया है। ब्रह्म में लीन वुद्धि को अमृतकल्पा (अमरत्व देनेवाली) कहा गया है। वाल की नोक के सौवें भाग के समान सूक्ष्म माना गया जीव प्राण कहलाता है,इसे वायु,तेज तथा आकाश,ऐसे तीन प्रकारों का माना गया है। वह सूर्य के समान समस्त विश्व को प्रकाशित करनेवाला शिव स्वरूप शुद्ध एव निर्मल तत्त्व नाभि के स्थान पर स्थित है। जीव सर्वदा सकार एव हकार का जप करता है। नाभि से निकला हुआ यह जप विषयों से रहित होता है। दूध से निकले हुए घी के समान इस कलाहीन तत्त्व को पांचों प्राणायामों द्वारा समझें,जैसे मथानी से दूध मथा जाता है,वैसे ही चार कलाओंवाले हृदय मे स्थित का देहभ्रमण होता है। इसमें महाखग शीघ्रता से निवास करता है। श्वास की समाप्ति पर जीव भी कलारहित हो जाता है। (12-19)

नभ में स्थित कलाहीन तत्त्व का चिंतन भववंधन से मुक्ति देनेवाला है। हृदय मे स्थित अनाहत ध्वनि से युक्त स्वय प्रकाशित चिदानद को,जो जानता है,वह हंस कहलाता है। जो मुधी

(सद्बुद्धिवाला) रेचक एवं पूरक को त्याग कर कुंभक की अवस्था मे प्राण तथा अपान को समाहित करके मस्तक में स्थित अमृत को पीकर आदर सहित ध्यान से नाभि मध्य में दीपक के समान जगमगाते महादेव का 'हस-हंस', इस प्रकार जपते हुए अभिषेक करता है, वह पृथ्वी मे जरा, मरण एव रोग के दु खों से मुक्त हो जाता है। अतः अणिमा आदि विभूतियो की प्राप्ति हेतु प्रतिदिन ऐसा करें। इससे ईश्वर-प्राप्ति होती है। अनेक इसी मार्ग से परम पद प्राप्त कर चुके है। इस अमृत हस विद्या के समान लोक में कोई चिर साधन नही है। जो हंस नाम की इस परम पावन विद्या को देता है, उसकी सदा दत्त-चित्त होकर सेवा करनी चाहिए। उस गुरु के शुभाशुभ हर आदेश का पालन करें। गुरु सेवा से प्राप्त इस हंस-विद्या से आत्मा का साक्षात्कार और निश्चल ब्रह्म ज्ञान के पश्चात् देह, जाति आदि के सवध वर्णाश्रम एवं वेद शास्त्र आदि को पग चिह्नों की तरह त्याग दे और श्रेय प्राप्ति के लिए गुरु-सेवा करे। (20-30)

(श्रुतिवेद) मत है कि गुरु ही साक्षात हरि हैं। यह सबसे बड़ा सत्य है, क्योकि श्रुति श्रेष्ठ प्रमाण है, इसका विरोध नहीं किया जा सकता। बिना प्रमाण के वस्तु अनर्थकारक होती है। देह मे स्थित और देह वर्जित क्रमश. सकल एव निष्कल है। आप्त पुरुष से (गुरु आदि) मिलनेवाला यह उपदेश सर्वत्र समान रूप से स्थित है। 'हस-हस' ऐसा बोलनेवाला ब्रह्मा, विष्णु और शिव रूप है। अत गुरु के मुख से सर्वतोमुख ब्रह्म को जानो। तिलों में तेल तथा पुष्प मे सुगंध के समान ब्रह्म पुरुष के शरीर के भीतर एव बाहर स्थित है। जैसे उलका के प्रकाश को देखकर उसे त्याग देते है, वैसे ही ज्ञेय (ब्रह्म) की प्राप्ति पर ज्ञान त्याग दिया जाता है। पुष्प एव उसकी गध क्रमशः सकल एव निष्कल के समान है अथवा वृक्ष और उसकी छाया क्रमश· सकल और निष्कल की तरह है। इस तरह सकल तथा निष्कल का भाव सर्वत्र स्थित है, इनमें सकल साधन तथा निष्कल साध्य है। सकल तथा निष्कल क्रमश भावयुक्त एव भावहीन होते है। एक मात्रा, दो मात्रा, तीन मात्रा और अर्धमात्रा को भी (एक मानने पर) तथा इसके ऊपर परात्पर सहित सकल (जीव) को पांच देवताओंवाला मानना चाहिए। (31-40)

हृदय, कठ, तालु, ललाट, नाक के अग्रभाग तथा उसके अत मे क्रमश· ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, महेश्वर, अच्युत और परम पद का स्थान है। परम से आगे कुछ भी नही है, ऐसा शास्त्र निर्णय है। नासाग्र से बारह अगुल पर देहातीत को मानें। चाहे मन या नेत्र कही पर रहें, तब भी योगियो का योग अविछिन्न गति से चलता रहता है। यह परम गुह्य (गोपनीय) एव परम शुद्ध रहस्य है। इससे बढकर अथवा शुभ कुछ भी नही है। परम अक्षर का शुद्ध ज्ञानामृत पाकर इस परम गुह्य को यत्नपूर्वक गुप्त करे। गुरु-भक्त शिष्य तथा पुत्र के अतिरिक्त यह विद्या किसी को नही देनी चाहिए। इनके अतिरिक्त किसी को देने पर यह सफल नही होती है और देनेवाला नरक में जाता है। चाहे गृहस्थ हो, ब्रह्मचारी-सन्यासी हो अथवा भिक्षुक हो, साथ ही वह कही भी रहे, इसे जाननेवाला ज्ञानी ही होता है। स्त्री अथवा कोई भी मनुष्य इस शास्त्र के ज्ञान से दूसरे जन्म मे शुभ गति पाता है। (41-50)

[illegible] के पाप और अश्वमेध के पुण्य से निर्लिप्त प्रेरक ज्ञान देनेवाला और मोक्ष देनेवाला [illegible] आचार्य पृथ्वी पर श्रेष्ठ माना जाता है। प्रेरक मार्गदर्शक, बोधक आचरण सिखानेवाला

तथा मोक्ष देनेवाला परम तत्त्व का ज्ञानामृत प्रदान करता है। गौतम ! अब देह-में भजन आदि के विषय में सुनो, जिससे मानव शाश्वत अव्यय पद प्राप्ति के साथ ही अपनी ही देह में कला रहित विदु के दर्शन करता है। प्राणायम करके इस मार्ग का ज्ञाता दो अयनों के विषय को देखता है। पहले इन दोनों को प्रणाम करे, फिर नमस्कार योग तथा मुद्रा से अर्चना करे। सूर्य ग्रहण प्रत्यक्ष पूजन है। जल में व्याप्त जल के समान सायुज्य प्राप्ति ज्ञान से ही संभव है। ये सब गुण योग मार्ग के श्रम से ही प्रवर्तित होते हैं। अत. प्रत्यनपूर्वक सब दुःखों को दूर करें। ज्ञानस्वरूप परम हंस मत्र का उच्चारण करे। योगध्यान करते हुए ज्ञान की तन्मयता के प्रति प्रयाण करें। इसी से परम पद प्राप्त होता है। प्राणियों की देह के मध्य में अच्युत हंस सदा स्थित रहता है। हंस ही परम सत्य है। (51-60)

हस ही परम वाक्य, वेदो का सार, परम रुद्र, परम ब्रह्म, सभी देवों में स्थित महेश्वर पृथ्वी आदि से शिव तक है एवं अकार आदि वर्णो तक मात्राओं की तरह व्यवस्थित है। मातृका रहित मत्र का उपदेश नही दिया जाता। देवताओं मे अनुपम हंस ज्योति रहती है। दक्षिण दिशा को मुख करके ज्ञान-मुद्रा का प्रदर्शन करे। निर्मल स्फटिक के समान दिव्य रूप का ध्यान करते हुए तथा हंस मत्र का स्मरण करते हुए समाधि ले। मध्य देश में ज्ञान मुद्राकार परम हंस का ध्यान करे। प्राण, अपान आदि पांच वायु से क्रियाशक्ति तथा नाग, कर्म, कुकर, देवदत्त, धनंजय और पांच ज्ञानेंद्रिय युक्त ज्ञान शक्ति बल से तीव्र होता है। शरीर के मध्य और नाभि में रवि रहता है। नाक के सामने दृष्टि रखते हुए बंध मुद्रा का प्रदर्शन करे। अकार में अग्नि तथा उंकार में हृदय स्थित है, भौंहो के बीच 'म' वर्ण में प्राण शक्ति को समझे। (ओम के) 'अ' कार में ब्रह्म ग्रंथि और हृदय 'उ' कार मे विष्णु ग्रंथ है। भौंहों के बीच में रुद्र ग्रंथि है, जिसे अक्षर वायु भेदती है। 'अ' कार में, 'उ' कार मे 'म' कार में क्रमश ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र स्थित है। इसके बाद परात्पर है। कठ को सकुचित करके नाडियों की शक्ति को स्तभित करना चाहिए। जीभ को दबाकर कुडलिनी को चलाए, जो सोलह आधारोंवाली ऊर्ध्वगामिनी, तीन कुटोंवाली, तीन प्रकार की है और ब्रह्मरध्र की ओर जानेवाली अत्यंत सूक्ष्म नाडी को तथा त्रिशंख, वज्र, ओंकार, ऊर्ध्वनाल तथा भृकुटियों की ओर जानेवाली है। इस कुंडलिनी से प्राणों का भेदन करे। वज्रकुंभ की साधना करे तथा प्रसन्नतापूर्वक मन को निर्गुण ईश्वर रूपी पवन पर आरूढ करें। (61-75)

इसके पश्चात् ब्रह्म स्थान में नाद सुनाई देने लगता है। शांति नाड़ी से अमृतवर्षा होती है। इतना होने पर षटचक्र मंडल के भेदन से ज्ञान-दीप को प्रकाशित करे। इसके प्रकाशित होने पर सभी प्राणियों में स्थित परमेश्वर का पूजन करे। वह परमेश्वर आत्मरूप, अंधकार नाशक, ज्ञानमय तथा व्याधिनाशक हैं। सर्वव्यापक, निरंजन दिव्य रूप के दर्शन होने पर 'हंस-हस' का जप करे। शरीर की प्राण एवं अपान ग्रंथि को अजपा कहा जाता है। इससे नित्य इक्कीस हजार छ सौ जप करने से हंस 'सोऽहं' (मैं वही ब्रह्म हूं) में परिवर्तित हो जाता है। साधक सदा कुडलिनी के पूर्व मे, शिखा मे तथा भृकुटि के मध्य में क्रमश अधोलिंग, पश्चिम लिंग तथा ज्योतिलिंग का ध्यान करे। (76-80)

मैं अच्युत हू, अचिंत्य हू, अतर्क्य हू, अजन्मा हूं, अपर्ण हूं, काया रहित हू, अगो से रहित हू, शब्द से, रूप से तथा स्पर्श से परे हू, मैं अद्वैत हू, रस एवं गंध से रहित हू, अनादि अमृत रूप हू, अक्षय हू,

मेरा कोई लिंग नही है, मैं निष्कल-निष्प्राण हूं, निर्मुख, निष्क्रिय और अचिंतनीय हूं, अंतर्यामी हू, अग्राह्य हूं, टेश एवं लक्षणों से रहित हू, अदृश्य, अवर्ण, अखंड अद्‌भुत, अदृष्ट, अन्वेषण योग तथा अमर हू। (81-85)

में वायु रहित हूं, आकाश रहित हूं, तेज रहित हूं, अव्यभिचारी, अज्ञेय, अजन्मा, अतिसूक्ष्म एवं विकार रहित हू। मै सत्त्व, रजस और तमस—तीनों गुणों से रहित हूं। स्वय को पूर्ण, गुणातीत तथा माया रहित अनुभव करता हू। मैं अनन्य और अविषय हूं। मैं अद्वैत हूं, पूर्ण ब्रह्म हू और न बाहर न भीतर हू। मैं कानों से रहित हू, अदीर्घ हूं अव्यक्त हू, अनामय हूं, अदृश्य आनंद रूप हूं, विज्ञान घन हू, अविकारी हू, इच्छा रहित हूं, अकर्ता हूं, अद्वैत हूं, मायाजन्य विकारों से हीन, न दीखनेवाला, अविकल्प तथा अग्निहीन हू।(86-90)

मैं आदि, मध्य तथा अंत से रहित हूं, मैं आकाश के समान हूं, आत्म-चैतन्य हूं, आनदघन हू, मै आनद और अमृत रूप हू, आत्म स्थित हूं, अत हूं, अकाम हूं, आकाश में परमात्मास्वरूप हू, मै ईशान हू, पृज्य हू, उत्तम और उत्कृष्ट पुरुप हूं। मै उपदेष्टा हू तथा परे से भी परे हू। मैं केवल हू, मै कवि हू, कर्मो का स्वामी हू और कारण का अधिपति हूं, मैं गुप्त आशय हूं, गुप्त रखनेवाला हू, नेत्रों का नेत्र हू, चिदानद हू, चेतना प्रदान करनेवाला हू, चिद्‌घन तथा चित्तमय हूं। मैं स्वय ज्योतिमय हूं तथा ज्योतियों में श्रेष्ठ ज्योति हू। (9-95)

मैं तमस (अंधकार) हू, साक्षी हू, तुर्य का भी तुर्य हूं, तमस से परे हू, दिव्य हूं, देव हू, दुर्दर्श हू, दृष्ट का आधार हू, ध्रुव हू, नित्य हू, निर्दोप हूं, नि.विक्रय हूं, निरंजन हूं, निर्मल हू, निर्विकल्प हूं, अकथित हू, निश्चल, निर्विकार हू, नित्य पावन हूं, निर्गुण हूं, निस्पृह हूं, निरिंद्रिय हू, नियता हू, निरपेक्ष हू, निष्फल हू, पुरुप हू, परमात्मा हू, पुराण हू, परम ब्रह्म हूं, पारावर हू, प्राज्ञ हू, जगत प्रपच को शात करनेवाला हू, परम अमृत, पूर्णानंद, पुरातन प्रभु, एक ज्ञान तथा एक रस रूप हूं। (96-100)

मै प्रज्ञाता हू, प्रशात, प्रकाश स्वरूप परमेश्वर हूं, द्वैत एव अद्वैत से विलक्षण चितनीय हू, बुद्ध, भूतपाल, भावरूप तथा भगवान हू। महादेव हूं, महान हूं, महाज्ञेय हू, महेश्वर हू, विमुक्त हू, विभु हू, वरण करने योग्य हू, व्यापक हू, वैश्वादर हूं, वासदेव हू, चारों ओर आंखोंवाला हूं, विश्वाधिदेव हूं, विशद हू, विष्णु हूं, विश्वनिर्माता हू, शुद्ध हूं, शात हू, शुक्र हूं, शाश्वत हूं, शिव हूं, सभी प्राणियों का अतरात्मा हू, नित्य एव सनातन हूं तथा मैं ही अपनी महिमा से स्थित होकर सदा प्रकाशमान हू। (101-105)

मैं ही सबके अदर की ज्योति हू, मैं स्वयं ज्योति हूं, मैं सबका अधिपति हू, सभी प्राणियों में रहनेवाला हू, सर्वव्यापक हू, सबका सम्राट हूं, समस्त जगत का साक्षी हूं, सर्वात्मा हूं, सभी प्राणियों के गुहा में रहनेवाला हू, सभी इद्रियों के गुणों का आभास करानेवाला हू, तथा सभी इंद्रियों से रहित हू। सबों से परे हू सभी पर अनुग्रह करने वाला हू, सच्चिदानद पूर्ण आत्मा हू, सबके प्रेम का पात्र हू सच्चिदानद मात्र हू, स्वयं प्रकाशवान हू, चिद्‌घन हूं, सत्त्वस्वरूप, सबका आधार, सबका अधिष्ठान, सभी बधनों को हरनेवाला, सर्वग्रास, सर्वद्रष्टा तथा सर्वानुभव हू।—इस प्रकार का तत्व ज्ञान ही पूर्ण करलाता है। (106-110)

□

36. क्षुरिकोपेनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शांति शाति. शाति.।

उस योग सिद्धि हेतु क्षुरिका को बताता हूं,जिसे प्राप्त करके योगी का पुनर्जन्म नही होता। यह वेदों के तत्त्वों का सार है। अत इसके विषय में साक्षात भगवान स्वयंभू ने कहा कि कछुवे के अगो के समान मन को हृदय मे रोककर नीख स्थान में आसन लगाकर शनै-शनै बारह मात्राओ वाले प्रणव से सभी द्वारों को विरुद्ध कर पूरक से शरीर को भरे। मुह,कमर और गर्दन सीधा रखे। नाक के अंदर रहनेवाली प्राण वायु को उसमें धारण करें। प्राण वायु के इस प्रकार होने पर फिर शनै-शनै रेचक करें। इस अभ्यास के स्थिर एवं दृढ़ होने पर सावधानी से अंगूठे से गुल्फों मे, घुटनो मे,उरु मे तथा गुदा में दो-दो और जांघों एव शिश्न में तीन-तीन प्राणायाम के बाद वायु के स्थान नाभि का आश्रय लें। वहां दस नाडियो से घिरी सुषुम्ना होती है। इन लाल,पीली,काली,ताबई और लोहित अतिसूक्ष्म,सफेद पतली नाड़ियों का आश्रय ले। उसमें मकडी द्वारा तंतु निर्माण के समान प्राण-वायु का संचार करें। वहां लाल कमल के समान प्रकाशमान महत का घर है,जिसे वेदात में दहर पुडरीक कहा गया है। उसे भेदकर नाड़ी को भरता हुआ वायु कंठ मे आता है। मन से परमगुह्य तीक्ष्ण निर्मल बुद्धि उस रूप का जो पांवों के ऊपरी भाग में नाम रूप है,चिंतन करे। तीक्ष्ण योग का आश्रय लेकर धारणा,ध्यान और मन की धार से इद्रवज्रा नामक जंघा में स्थित मर्म को नष्ट करे। तब उरुओ के मध्य में प्राणों को स्थापित मर्म में मुक्त करे। इस प्रकार चार अभ्यासों से नि शंक होकर मर्म को काट दे। तब योगी कंठ मध्य मे नाडियों का संचय करता है। इनमें एक सौ एक नाडिया उत्तम कही गई है। (1-15)

सुषुम्ना परम तत्त्व में लीन है,विरजा ब्रह्म रूप है,पिंगला दाहिने तथा इडा वायी ओर है। इन दोनों के मध्य के स्थान का ज्ञाता ब्रह्मवेत्ता है। बहत्तर हजार में प्रत्येक नाडी में तैतिल है। ध्यान योग से सुषुम्ना के अलावा सभी कट जाते हैं। योग की निर्मल धार की छुरी की अग्नि से धीर जन सौ नाड़ियों को काट डालें। जब योगी तैतिल को जातीपुष्प के समान देखने लगता है,तब इस प्रकार नाडियों के शुभाशुभ भावयुक्त योगी का पुनर्जन्म नही होता। तप से मन को जीतकर शब्दहीन स्थान में अंगों सहित योग को जाननेवाला निःसंग योगी धीरे-धीरे बधनों को काटकर नि शक उड़नेवाले हंस के समान ससार से मुक्त हो जाता है। जैसे समस्त तेल को जलाकर दीपक बुझ जाता है,वैसे ही योगी भी समस्त कर्मों को जलाकर लय को प्राप्त होता है। प्राणायाम से तीक्ष्ण धारवाले 'ओम' को वैराग्य फलक पर घिसने से कामनाएं आदि बधन कटने पर मुक्त योगी अमृत्व प्राप्त करता है। यही उपनिषद् है (रहस्य है) ।(16-25)

37. योगतत्त्वोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै॥

ॐ शांति शाति शाति ।

योगियों के कल्याण के लिए योगतत्त्व कहा जा रहा है, जिसे सुनकर या पढकर सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। विष्णु ही महान् योगी, महान् प्राणी तथा महान् तपस्वी हैं। तत्त्वमार्ग के लिए वह पुरुषोत्तम भगवान दीपक के समान हैं। पितामह ब्रह्म ने उस जगन्नाथ भगवान विष्णु की आराधना करके उनसे निवेदन किया, 'कृपया मुझे आप आठ अंगों से युक्त योग तत्त्व को बतलाए।' तब भगवान हृषीकेश उनसे बोले, 'इस तत्त्व को मैं तुम्हें बताता हू, अत ध्यान से सुनो। सभी प्राणी माया के सुख-दु ख के जाल से बंधे हुए है। माया के जाल को काटकर, जन्म, मृत्यु, वृद्धावस्था और रोगों के नाशक मुक्ति दाता और भव-सागर से तारनेवाले इस मार्ग का वर्णन इस प्रकार है। कैवल्य परम पद है। यह अनेक प्रकार से कहे गए नाना प्रकार के मार्गों से सर्वथा दुष्प्राप्य है। शास्त्रों के जालों में उलझने से ये बुद्धि को मोहित कर देते हैं। देवता भी उस अनिर्वचनीय परम पद के विषय में कुछ भी बता पाने में असमर्थ हैं; तब स्वात्म प्रकाश रूपी इसी पद के विषय में शास्त्र क्या बता पाएगे ? निष्कल, निर्मल, शाति, सर्वातीत और दु ख रहित वही जीव पुण्य और पाप के फलों से आवृत्त होकर इस प्रकार का बन जाता है। वह परम आत्मा रूपी पद, जो सभी भावों मे अतीत, ज्ञान रूप तथा माया मुक्त है, जीव रूप को कैसे प्राप्त हो जाता है ? यह एक चितनीय प्रश्न है। इसका समाधान इस प्रकार है। (1-9)

सर्वप्रथम जल मे स्फुरण हुआ और उसमें कृति (अहंकार) की उत्पत्ति हुई। फिर उसमें जल, पृथ्वी, आकाश, अग्नि और वायु युक्त पंचमहाभूतों के धातुओं से बधे गुणात्मक पिड की उत्पत्ति हुई। उस विशुद्ध परमात्मा स्वरूप में सुख-दु खमय जीव भावना की उत्पत्ति हुई अत उसे जीव नाम दिया गया। काम, क्रोध, मोह, लोभ, मद, रजस, जन्म, मृत्यु, कृपणता, शोक, तंद्रा, भूख, प्यास, इच्छा, लज्जा, भय, दुख, विषाद एव हर्ष, ये सब दोष जीव में रहते हैं। इन दोषों से मुक्त हो जाने पर यह जीव केवल परमात्मा स्वरूप हो जाता है। अत इन सब दोषों के विनाश का उपाय तुम्हें बताता हूं। योग मे तीन ज्ञान कैसे मोक्ष देनेवाला हो सकता है और साथ ही योग भी बिना ज्ञान के मोक्ष देने में समर्थ नहीं है। अत यह आवश्यक हो जाता है कि मुमुक्षु (मोक्ष का इच्छुक) ज्ञान और योग दोनों का दृढता से अभ्यास करे। अज्ञान से ही संसार में जन्म लेना पडता है तथा ज्ञान मे ही जन्म-मृत्यु के चक्र से छुटकारा मिलकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। अत सर्वप्रथम ज्ञान स्वरूप महत्त्वपूर्ण है। ईश (जानने योग्य अर्थात् परमात्मा) को प्राप्त करने का एकमात्र साधन ज्ञान ही है। ज्ञान क्या है ? इस विषय मे इस प्रकार मैं तुम्हें बताता हू। जिसमे अपना वास्तविक स्वरूप, कैवल्य (मोक्ष) रूप

परम पद,कलाओं से हीन (निर्गुण),निर्मल,साक्षात सच्चिदानंद (सत्-चित्-आनंद) स्वरूप,जगत की उत्पत्ति,पालन एवं संहार करनेवाले तथा स्फूर्ति ज्ञान से रहित परमात्मा का ज्ञान होता है,यही ज्ञान कहलाता है । इसी योग के ज्ञान को मैं तुम्हें वताता हूं । हे व्रह्मा व्यावहारिक दृष्टि से योग के अनेक भेद हैं । किंतु मंत्रयोग,हठ योग,लय और राज योग,यह चार भेद प्रमुख है । यही चार भेद सर्वत्र वताए जाते हैं । योग की आरंभ,घट,परिचय एवं निष्पत्ति,ये चार अवस्थाए होती हैं । (10-20)

हे व्रह्मा इनके लक्षण संक्षेप में वताता हूं । सुनो—मातृका आदि से मुक्त मंत्र का वारह सौ जप करनेवाला क्रम से अणिमा आदि गुणों से युक्त ज्ञान को प्राप्त करता है । वस्तुत इस ज्ञान की साधना कोई अल्पवुद्धिवाला अधम साधक ही करता है । लय योग में चित्त का लय हो जाता है । यह लय करोड़ों प्रकार का कहा जाता है । चलते हुए,रुककर,स्वप्न देखते हुए अथवा खाना खाते हुए निष्कल ईश्वर का ध्यान करने से लय योग होता है और हठ योग इससे भिन्न प्रकार का होता है । अव इसके विषय में सुनो । यम,नियम,आसन,प्राणायाम,प्रत्याहार,धारणा,तथा भ्रूमध्य (भवो के वीच में) श्री हरि भगवान का ध्यान करते हुए समानता की अवस्थामय समाधि से युक्त यह योग आठ अंगोंवाला होता है । महायुद्रा,महावध,महावेध,खेचरी,जालंधर,उड्डियान,मूलवध,दीर्घ प्रणव सधान तथा सिद्धांत श्रवण । वज्रोली,आमरोली और सहजोली,ये तीन प्रकार की मुद्राए हैं । हे व्रह्मा इन सभी के लक्षणो को तत्त्वत सुनो । यमों के पालन में आहार की अल्पता सर्व प्रमुख है, कुछ अन्य नही । नियमों में अहिसा सवसे प्रधान गुण है । सिद्धासन,पद्मासन सिहासन तथा भद्रासन,ये चार मुख्य आसन हैं । हे व्रह्मा ! अभ्यास की प्रथम अवस्था में विघ्न भी आते हैं । आलस्य,आत्म प्रशंसा,धूर्ततापूर्ण विचार आदि इसी प्रकार के विघ्न है (21-30) ।

सुवुद्धिवाला साधक धन,स्त्री-संग का लोभ आदि समस्त विघ्नों को अपने पुण्यों के प्रभाव से इन्हें मृगतृष्णा के समान समझकर इनका परित्याग कर दे । तव पदमासन लगाकर प्राणायाम का अभ्यास करे । इसके लिए पहले ही एक छोटे दरवाजेवाली सुंदर कुटिया वना ले जो गोवर अथवा चूने से लिपी-पुती हो । इस वात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि उसमें खटमल मच्छर,मकडी आदि व्यवधान पहुचानेवाले कीट न हो । दिन-प्रतिदिन उसकी सफाई समुचित रूप से होती रहे । उसे गुग्गल आदि सुगंधित पदार्थों से सुवासित रखा जाए । वस्त्र आदि न तो अधिक तग हों और न अधिक ढीले-ढाले ही । इस प्रकार की कुटिया में मृगचर्म अथवा कुश के आसन पर वैठकर आसन (पद्मासन) लगाएं । शरीर को सीधा रखते हुए हाथ जोड़कर इष्ट देवता को प्रणाम करे । फिर दाहिने हाथ के अंगूठे से पिंगला (नाक के दाहिने स्वर) को दवाकर धीरे-धीरे (नाक के वाए स्वर) से वायु को खीचकर अदर भरे और जितनी देर हो सके इसे अंदर ही रोके रखे । इसे कुंभक करना कहा जाता है । फिर पिगला से शनै-शनै (न कि वेग से) वायु को वाहर निकाल दे । इसे रेचक करना कहा जाता है । इसके पश्चात् फिर धीरे से पिंगला से वायु को खीचते हुए उदर को भरे,अर्थात् पूरक करे और यथाशक्ति कुंभक करते हुए इडा से पूर्ववत् शनै-शनै रेचक करें,कहने का तात्पर्य यह है कि एक वार वाएं से पूरक करके दाहिने से रेचक करे और दूसरी वार दाहिने से पूरक करे तथा वाए से रेचक करे । जिस स्वर से सांस वाहर निकाली है,उसी से दूसरी वार सांस ऊपर खींचे । (यही क्रम प्राणायाम के लिए उचित है) । फिर न तो द्रुत गति से और न ही विलवित गति से जानुओं हाथ से

प्रदक्षिणा करते हुए एक चुटकी बजाए। योग शास्त्र में इतने समय को एक मात्रा ' 'ल कहा जाता है। (31-40)

पहले इडा म्वर अर्थात् नासिका के वाएं छिद्र से वायु को खीचें। ध्यान रहे कि यह वायु सोलह मात्राओं के समय तक खीचनी है। इसके वाद चौंसठ मात्राओं के समय तक इसे अदर ही रोकना है, कुभक करना है। तव पिंगला म्वर (दाहिने छिद्र) वर्त्तीस मात्राओं के समय के अदर रेचक करना होना है। तव पिंगला से पूरक तथा इड़ा से रेचक पूर्ववत् समय से करें। प्रातःकाल, मध्य दिन, सायकाल तथा अर्धरात्रि इन चार समयों में धीरे-धीरे अस्सी तक कुभों की सख्या वढाए। इस अभ्यास को तीन मास तक करने पर ही नाडी शुद्ध हो जाती है, और नाड़ी शुद्ध होने पर योग-साधक के शरीर में योग के चिह्न भी स्पष्ट रूप में दिखाई पडने लगते है, जो इस प्रकार के होते हैं—शरीर में लघुता (हल्कापन) आ जाता है और देहकृश (पतली) हो जाती है। जठराग्नि (भूख) प्रदीप्त हो जाती है। योग को भली प्रकार से जानने वाले इसमें विघ्न पहुंचानेवाले आहार परित्याग कर दो। लवण (नमक), तैलीय पदार्थ, खटाई, गर्म प्रकृति के खाद्य, रूखे और तीखे पकवान, शाक-सब्जिया, हींग इत्यादि भोज्य पदार्थ, आग तापना, स्त्री सहवास, अधिक पैदल चलना, प्रातःकाल का स्नान, उपवास आदि सभी शरीर को कष्ट देनेवाले क्रिया-कलापों का परित्याग कर दे। अभ्यास की प्राथमिक अवस्था में दूध, घी आदि से वना भोजन ही उचित रहता है। गेहू, मूग की दाल, चावल आदि का भोजन योग अभ्यास मे वृद्धि करनेवाला होता है, अर्थात् योग-साधना के लिए ये श्रेष्ठ खाद्य पदार्थ है। इस प्रकार के निरतन अभ्यास मे इच्छा के अनुसार देरी तक वायु को अदर धारण किया जा सकता है। यथेष्ट वायु को धारण करने की शक्ति प्राप्त हो जाने पर केवल (लक्ष्य) कुभक को सिद्ध करे। इसके सिद्ध हो जाने पर रेचक एवं पूरक की कोई आवश्यकता ही नही रहती (क्योंकि वास्तविक प्राणायाम वायु को अदर रोक देना ही है) अत, रेचक-पूरक का परित्याग कर दे। (41-50)

परम पद, कलाओं से हीन (निर्गुण), निर्मल, साक्षात सच्चिदानंद (सत्-चित्-आनद) स्वरूप, जगत की उत्पत्ति, पालन एवं संहार करनेवाले तथा स्फूर्ति ज्ञान से रहित परमात्मा का ज्ञान होता है, यही ज्ञान कहलाता है। इसी योग के ज्ञान को मै तुम्हें बताता हू। हे ब्रह्मा व्यावहारिक दृष्टि से योग के अनेक भेद है। किंतु मत्रयोग, हठ योग, लय और राज योग, यह चार भेद प्रमुख है। यही चार भेद सर्वत्र बताए जाते हैं। योग की आरभ, घट, परिचय एवं निष्पत्ति, ये चार अवस्थाएं होती है। (10-20)

हे ब्रह्मा इनके लक्षण संक्षेप मे बताता हूं। सुनो—मातृका आदि से मुक्त मंत्र का बारह सौ जप करनेवाला क्रम से अणिमा आदि गुणो से युक्त ज्ञान को प्राप्त करता है। वस्तुत इस ज्ञान की साधना कोई अल्पबुद्धिवाला अधम साधक ही करता है। लय योग मे चित्त का लय हो जाता है। यह लय करोड़ों प्रकार का कहा जाता है। चलते हुए, रुककर, स्वप्न देखते हुए अथवा खाना खाते हुए निष्कल ईश्वर का ध्यान करने से लय योग होता है और हठ योग इससे भिन्न प्रकार का होता है। अब इसके विषय मे सुनो। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, तथा भ्रूमध्य (भवो के बीच मे) श्री हरि भगवान का ध्यान करते हुए समानता की अवस्थामय समाधि से युक्त यह योग आठ अंगोवाला होता है। महायुद्रा, महाबध, महावेध, खेचरी, जालधर, उड्डियान, मूलबध, दीर्घ प्रणव सधान तथा सिद्धात श्रवण। वज्रोली, आमरोली और सहजोली, ये तीन प्रकार की मुद्राए हैं। हे ब्रह्मा इन सभी के लक्षणो को तत्त्वत सुनो। यमों के पालन मे आहार की अल्पता सर्व प्रमुख है, कुछ अन्य नही। नियमो मे अहिसा सबसे प्रधान गुण है। सिद्धासन, पद्मासन सिहासन तथा भद्रासन, ये चार मुख्य आसन है। हे ब्रह्मा। अभ्यास की प्रथम अवस्था मे विघ्न भी आते है। आलस्य, आत्म प्रशंसा, धूर्ततापूर्ण विचार आदि इसी प्रकार के विघ्न है (21-30)।

सुबुद्धिवाला साधक धन, स्त्री-सग का लोभ आदि समस्त विघ्नो को अपने पुण्यों के प्रभाव से इन्हें मृगतृष्णा के समान समझकर इनका परित्याग कर दे। तब पदमासन लगाकर प्राणायाम का अभ्यास करे। इसके लिए पहले ही एक छोटे दरवाजेवाली सुदर कुटिया बना ले जो गोबर अथवा चूने से लिपी-पुती हो। इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि उसमें खटमल मच्छर, मकडी आदि व्यवधान पहुचानेवाले कीट न हो। दिन-प्रतिदिन उसकी सफाई समुचित रूप से होती रहे। उसे गुग्गल आदि सुगंधित पदार्थो से सुवासित रखा जाए। वस्त्र आदि न तो अधिक तग हो और न अधिक ढीले-ढाले ही। इस प्रकार की कुटिया में मृगचर्म अथवा कुश के आसन पर बैठकर आसन (पद्मासन) लगाएं। शरीर को सीधा रखते हुए हाथ जोडकर इष्ट देवता को प्रणाम करे। फिर दाहिने हाथ के अगूठे से पिंगला (नाक के दाहिने स्वर) को दवाकर धीरे-धीरे (नाक के वाए स्वर) से वायु को खीचकर अदर भरे और जितनी देर हो सके इसे अदर ही रोके रखे। इसे कुभक करना कहा जाता है। फिर पिगला से शनै-शनै (न कि वेग से) वायु को बाहर निकाल दे। इसे रेचक करना कहा जाता है। इसके पश्चात् फिर धीरे से पिंगला से वायु को खीचते हुए उदर को भरे, अर्थात् पूरक करे और यथाशक्ति कुंभक करते हुए इड़ा से पूर्ववत् शनैः शनै रेचक करें, कहने का तात्पर्य यह है कि एक वार वाएं से पूरक करके दाहिने से रेचक करे और दूसरी वार दाहिने से पूरक करे तथा वाए मे रेचक करे। जिस स्वर से सांस वाहर निकाली है, उसी से दूसरी वार सास ऊपर खीचे। (यही क्रम प्राणायाम के लिए उचित है)। फिर न तो द्रुत गति से और न ही विलबित गति से जानुकी हाथ मे

प्रदक्षिणा करते हुए एक चुटकी बजाए। योग शास्त्र में इतने समय को एक मात्रा ाल कहा जाता है। (31-40)

पहले इड़ा स्वर अर्थात् नासिका के बाए छिद्र से वायु को खीचें। ध्यान रहे कि यह वायु सोलह मात्राओं के समय तक खीचनी है। इसके बाद चौंसठ मात्राओं के समय तक इसे अदर ही रोकना है, कुभक करना है। तब पिंगला स्वर (दाहिने छिद्र) बत्तीस मात्राओं के समय के अदर रोचक करना होता है। तब पिगला से पूरक तथा इडा से रेचक पूर्ववत् समय से करें। प्रातःकाल, मध्य दिन, सायकाल तथा अर्धरात्रि इन चार समयों में धीरे-धीरे अस्सी तक कुभों की सख्या बढाए। इस अभ्यास को तीन मास तक करने पर ही नाडी शुद्ध हो जाती है, और नाडी शुद्ध होने पर योग-साधक के शरीर में योग के चिह्न भी स्पष्ट रूप में दिखाई पडने लगते है, जो इस प्रकार के होते है—शरीर में लघुता (हल्कापन) आ जाता है और देहकृश (पतली) हो जाती है। जठराग्नि (भूख) प्रदीप्त हो जाती है। योग को भली प्रकार से जानने वाले इसमें विघ्न पहुचानेवाले आहार परित्याग कर दो। लवण (नमक), तैलीय पदार्थ, खटाई, गर्म प्रकृति के खाद्य, रूखे और तीखे पकवान, शाक-सब्जियां, हीग इत्यादि भोज्य पदार्थ, आग तापना, स्त्री सहवास, अधिक पैदल चलना, प्रातःकाल का स्नान, उपवास आदि सभी शरीर को कष्ट देनेवाले क्रिया-कलापों का परित्याग कर दे। अभ्यास की प्राथमिक अवस्था में दूध, घी आदि से बना भोजन ही उचित रहता है। गेहू, मूग की दाल, चावल आदि का भोजन योग अभ्यास में वृद्धि करनेवाला होता है, अर्थात् योग-साधना के लिए ये श्रेष्ठ खाद्य पदार्थ हैं। इस प्रकार के निरतन अभ्यास से इच्छा के अनुसार देरी तक वायु को अंदर धारण किया जा सकता है। यथेष्ट वायु को धारण करने की शक्ति प्राप्त हो जाने पर केवल (लक्ष्य) कुभक को सिद्ध करे। इसके सिद्ध हो जाने पर रेचक एवं पूरक की कोई आवश्यकता ही नही रहती (क्योकि वास्तविक प्राणायाम वायु को अदर रोक देना ही है) अत. रेचक-पूरक का परित्याग कर दे। (41-50)

इस प्रकार के योग के साधक के लिए फिर तीनों ही लोकों मे कुछ भी दुर्लभ नही रहता है। साधना करते समय साधक के शरीर से जो पसीना निकले, वह उससे शरीर मे ही मालिश कर ले। तब भी वायु के धारण से शनै-शनै. एक क्रम से ही आसन में स्थिय साधक के शरीर मे कपन होने लगता है। अभ्यास के इससे भी अधिक बढने पर शरीर मे मेढक की जैसी चेष्टाए होने लगती है। इन चेष्टाओ के होने पर पद्मासन लगाकर बैठा हुआ होने पर भी योगी मेढक की तरह ऊपर की ओर उछलकर पुन. भूमि से टकरा पडता है। अभ्यास के इससे भी अधिक बढने पर योगी भूमि से भी उठने लगता है। पद्मासन में बैठे-बैठे योगी भूमि को छोड़कर शून्य मे उठ जाता है। (यहा स्मरणीय है कि पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण शक्ति प्रत्येक पदार्थ को अपनी ओर खीचती है, किंतु योगी इन समस्त शक्तियों पर विजय प्राप्त कर लेता है।) इस प्रकार योगाभ्यास द्वारा साधक अतिमानवीय कृत्य करने में भी सफल हो जाता है। अपनी इस सामर्थ्य एव शक्ति का योगी द्वारा प्रदर्शन नही किया जाना चाहिए, अपितु अपनी सफलता से उत्साहित होकर और भी अधिक प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार के योगी को छोटा या बड़ा कोई भी दुःख व्यथित नही कर सकता। उसका मूत्र एव पुरीष (लघुशका एव दीर्घशंका) अल्प हो जाता है। नीद भी कम हो जाती है। आखो कीं कीच, नाक, थूक,

पसीना, श्वास की दुर्गध आदि से योगी को सदा-सर्वदा के लिए मुक्ति मिल जाती है। इससे अधिक अभ्यास करने पर उसमें अत्यधिक शक्ति का समावेश हो जाता है। परिणामस्वरूप इस भूचर सिद्धि से पृथ्वी पर विचरण करनेवाले समस्त जीवों पर विजय प्राप्त करने की समर्थता प्राप्त हो जाती है। व्याघ्र, शरभ, हाथी, गवय (नील गाय), या सिह आदि जो भी वन्य पशु उस पर आक्रमण करने की चेष्टा करे, योगी के एक ही साथ मारने पर वे मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। उसका सौंदर्य भी कदप के (कामदेव के) समान हो जाता है (51-60)।

उस योगी के इस अनुपम रूप को देखकर स्त्रियां उस पर मोहित हो जाती है तथा उसके साथ संभोग करने की इच्छा करने लगती है। यहां पर योगी को अपने अपूर्व आत्मसयम का परिचय देना पडता है। यदि वह स्त्रियों की आकांक्षा की पूर्ति करेगा, तो उसका वीर्य-नाश होगा। अत योगी स्त्रियो पर ध्यान न देकर दृढ़ता के साथ योगाभ्यास को बढाता जाए। वीर्य की दत्तचित्त होकर रक्षा करने से योगी को देह से सुगध आने लगती है। तब एकांत स्थान में बैठकर योगी प्लुत मात्रा (ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत स्वर तीन प्रकार के होते हैं। अ, इ, उ, ऋ एव लृ ह्रस्व स्वर है, आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ एव औ दीर्घ स्वर है, जिन्हे क्रमश एक मात्रा और दो मात्राओ के समय में उच्चारित किया जाता है। तीन मात्राओ के बराबर समय मे उच्चारण किए जानेवाले स्वर को प्लुत कहते है। इसे सूचित करने के लिए स्वर के आगे ऽ लिखा जाता है। जैसे ओऽम् यहा ओ प्लुत है। इसके उच्चारण मे तिगुना समय लगेगा। यहा प्लुत मात्रा मे ओम् (प्रणव) जप से यही तात्पर्य है।) मे प्रणव का जप करे। इससे योगी के पूर्व अर्जित पापो का नाश हो जाता है। यह प्रणव मत्र समस्त विघ्नो का तथा दोषो का नाश करता है। इसका अत्यत अल्प सख्या मे जप करने पर भी सिद्धि मिल सकती है। इस प्रकार वायु धारण का अभ्यास करते रहने से घटावस्था की प्राप्ति होने लगती है। प्राण, अपान, मन, बुद्धि, जीवात्मा तथा परमात्मा इन सबमें परस्पर अविरोध स्वरूप जब एकता उत्पन्न होती है, तो इसे घटावस्था कहते है। इस अवस्था के चिह्नो का उल्लेख इस प्रकार है। अभी तक जितना अभ्यास किया जाता था, अब उसका एक चौथाई भाग ही करे। दिन में हो अथवा रात्रि मे केवल एक ही बार एक प्रहर तक अभ्यास करे, अर्थात् प्रतिदिन केवल एक ही बार कुभक का अभ्यास करे और इस कुंभक की ही अवस्था में इद्रियों को अनेक विषयों से विमुख करे। यही इद्रियो का उनके विषयो से आहरण योगशास्त्र में प्रत्याहरण नाम से पुकारा जाता है। कुभक करते हुए प्रत्याहार की अवस्था में योगों को अपनी आखों से जो कुछ भी दिखाई पडे, उसे आत्मा के समान ही समझे। इस प्रकार कानो से जो कुछ भी सुने अथवा नासिका से जो कुछ भी सूंघे उस सभी कुछ को आत्मवत् ही समझे और इसे इसी भावना से ग्रहण करे। (61-70)

जिह्वा जो रस ग्रहण करे अथवा त्वचा को जो भी स्पर्श का अनुभव हो इस सबको आत्मस्वरूप समझते हुए ग्रहण करे। इस प्रकार कर्मेंद्रियों के समान ही ज्ञानेंद्रियों के विषयों के प्रति भी ऐसी ही भावना रखे। इसके लिए योगी प्रतिदिन एक प्रहर उस क्रिया का अभ्यास करे और इस अभ्यास के करते समय तद्रा बिलकुल भी न आने पाए। इस प्रकार जैसे-जैसे योगी के चित्त की सामर्थ्य-शक्ति का विकास होता जाएगा, योगी में मानवातीत शक्तियों का भी आगमन होता जाएगा। वह दूर से सुनने लगेगा, देखने लगेगा, क्षण भर में ही कही-से-कही चला जाएगा, उसे वाक् सिद्धि प्राप्त हो

जाएगी (वह जो कुछ भी कह देगा वह सत्य हो जाएगा), वह इच्छा के अनुसार रूप धारण करने में समर्थ हो जाएगा, वह आकाश में भी चलने लगेगा तथा उसके मूत्र एव पुरीष के स्पर्श मात्र से ही लोहा आदि निकृष्ट धातुएं स्वर्ण में परिवर्तित हो जाएंगी। इन सबके लिए निरतर योग का अभ्यास अनिवार्य है, अत· योगसिद्धि के लिए योगी सदा इसके प्रति सचेष्ट होकर बुद्धिमानी का परिचय दे। योगी इस तथ्य को सदा याद रखे कि यह सब सिद्धिया सदा गोपनीय रखी जाए। अन्यथा ये परम सिद्धि के मार्ग में बाधा स्वरूप भी है। अत. समझदार योगी सदा इनके विपय में सचेष्ट रहे। अपनी सिद्धियों की इस प्रकार की शक्ति एव सामर्थ्य का कभी भी भूलकर भी प्रदर्शन न करे। जन सामान्य के सामने उसे महामूर्ख या बहरे के समान बनकर रहना चाहिए और सिद्धि का प्रदर्शन नही करना चाहिए। यद्यपि यह सत्य है कि उसके शिष्यगण अपने-अपने कार्यों के लिए उससे प्रार्थना करेंगे, किंतु योगी उनके कार्यों से अधिक लक्ष्य अपने अभ्यास के प्रति प्रमाद (लापरवाही) कदापि न करे। योगी समस्त कार्य-व्यापारों को भूलकर उनका परित्याग करके योग के प्रति निष्ठावान बना रहे तथा गुरु के वाक्यों को सदा स्मरण करता हुआ रात-दिन अभ्यास करता रहे। इस प्रकार के अनवरत अभ्यास से ही घटावस्था की प्राप्ति होती है। बिना अभ्यास किए व्यर्थ की गोष्ठियो के आयोजन से सिद्धि कदापि सभव नही है। (71-80)

अत सभी प्रयत्नों से सदा योग का ही अभ्यास करे। इस योगाभ्यास से इसके पश्चात् परिचयावस्था उत्पन्न होती है। बडे ही प्रयत्न के साथ वायु का अग्नि तत्त्व के साथ कुडली को जीतकर सुषुम्ना में प्रवेश कराया जाता है, तभी यह अवस्था सभव हो पाती है। और अवरोध के साथ ही वायु के साथ चित्त को महापथ अर्थात् प्रभु में प्रवेश कराए। जिस साधक का चित्त वायु के साथ इसी लोक में सुषुम्ना में प्रवेश पा जाता है, उसके लिए भूमि, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश इन पाच महाभूत रूपी देवताओं की पांच प्रकार की धारणा भी हो जाती है। पावों से लेकर जानु पर्यत पृथ्वी तत्त्व का स्थान कहा जाता है। यह पृथ्वी तत्त्व चतुष्कोणवाली, अर्थात् चार कोनोवाला होता है। इसका रंग पीला तथा वर्ण 'ल' माना जाता है। इस पृथ्वी तत्त्व मे वायु का आरोप करके इसके साथ 'ल' वर्ण को समन्वित करके स्वर्ण के रगवाले चार भुजाओंवाले चतुर्मुख ब्रह्मा का ध्यान करना चाहिए। यहां बतलाई गई इस विधि से चार घड़ी (एक घड़ी में 24 मिनट होते है, अत. कुल मिलाकर एक घटा छत्तीस मिनट) तक ध्यान करने मात्र से पृथ्वी-तत्त्व पर विजय प्राप्त हो जाती है। इस तत्त्व पर विजय प्राप्त कर लेने पर योगी की फिर मृत्यु नही होती है। जानुओ से वायु पर्यत जल-तत्त्व का स्थान कहा गया है। जल-तत्त्व को अर्ध चद्र के आकार का एव शुक्ल वर्ण का कहा गया है, और इसका बीजाक्षर 'व' माना जाता है। वारुण अर्थात् जल तत्त्व मे वायु-तत्त्व का आरोप करके (तात्पर्य यह है कि जल तत्त्व के स्थान पर वायु तत्त्व को मानकर) वकार बीजाक्षर से समन्वित चार भुजाओंवाले किरीट (मुकुट) धारण किए हुए भगवान नारायण का स्मरण करना चाहिए। इस कल्पना मे भगवान को शुद्ध स्फटिक के समान तथा पीताबर धारण किया हुआ चितन करना चाहिए। पांच घड़ी (दो घंटे) तक इस प्रकार का ध्यान करने से सभी पापो से मुक्ति मिल जाती है। इस प्रकार जल-तत्त्व पर विजय पा लेने के पश्चात् इस तत्त्व से साधक को किसी प्रकार का भय नही रहता। उसकी जल में मृत्यु नही हो सकती। (80-91)

जल-तत्त्व के स्थान से हृदय के स्थान पर्यत अग्नि-तत्त्व का स्थान कहा गया है। अग्नि-तत्त्व त्रिकोण के आकार का है। इसका वर्ण लाल होता है और बीजाक्षर 'र' माना जाता है। अग्नि-तत्त्व में वायु-तत्त्व का आरोप करते हुए उज्ज्वल 'र' वर्ण से युक्त तीन अक्षरोंवाले 'वरद' (वरदान देनेवाले) चमकते हुए तरुण सूर्य के समान जाजवल्यमान अगों पर भस्म रमाए हुए भगवान रुद्र का प्रसन्न मन से स्मरण करना चाहिए। पांच घड़ी तक इस प्रकार का ध्यान करने से साधक को अग्नि नही जला सकती। जलते हुए अग्नि कुड में प्रवेश करने पर भी उसका शरीर नही जलता। अब हृदय से लेकर दोनों भौंहों के बीच के स्थान तक वायु का स्थान माना जाता है। वायु षट्कोण के आकार का माना जाता है। इसका वर्ण काला है और बीजाक्षर 'य' है, जिसकी आभा अत्यत चमकती हुई जैसी है। वायु-तत्त्व का मारुत स्थान पर देदीप्यमान 'य' अक्षर के साथ सभी दिशाओं की ओर मुखवाले सर्वज्ञ ईश्वर के रूप में ध्यान करे। केवल पाच घड़ी तक ऐसा करने पर ही साधक वायु के वेग के समान आकाश मे चलने की शक्ति प्राप्त कर लेता है। इस पर योगी को वायु से कोई भय नहीं रहता और उसकी मृत्यु भी वायु से नही हो सकती। भूमध्य मे वायु-तत्त्व की सीमा से प्रारंभ होकर मूर्धा तक आकाश-तत्त्व का स्थान है। यह वृत्त के आकार का तथा धूम्र के वर्णवाला होता है। देदीप्यमान 'ह' अक्षर इसका बीज अक्षर है। आकाश-तत्त्व मे वायु का आरोप करके बीज 'ह' के ऊपर आकाश के आकारवाले बिदु रूपी महादेव भगवान सदाशिव को शुद्ध स्फटिक के समान तथा माथे पर अर्धचद्र धारण किए हुए रूप में स्मरण करते हुए ध्यान लगाना चाहिए, साथ ही यह भी कल्पना करें कि भगवान शिव पांच सौम्य मुखोवाले, दस बाहुओंवाले, तीन आखोंवाले, सभी आयुधों (अस्त्र-शस्त्रो)वाले, सभी आभूषणो से युक्त, सभी कारणों के कारण वरदान देनेवाले तथा उनका आधा शरीर पार्वती का और आधा शिव का अर्धनारीश्वर है। (91-101)

इस प्रकार आकाश-तत्त्व की धारणा से वह योगी आकाश में चलने में समर्थ हो जाता है और वह चाहे कही भी रहे अत्यधिक सुखी रहता है। उसके समस्त दुःख दूर हो जाते है। विलक्षण योगी इसी प्रकार पांच प्रकार की धारणाएं करता है, इससे उसका शरीर अत्यंत दृढ़ हो जाता है और मृत्यु उससे दूर भाग जाती है। ब्रह्म प्रलय होने पर भी ऐसा योगी दु खी नहीं हो [illegible] वह योगी, जो इस प्रकार की धारणाएं कर चुका हो, छ घडी तक इसी प्रकार वायु को [illegible] करे। इस अभ्यास मे वह आकाश मे अभीष्ट सिद्धि देनेवाले देवता [illegible] प्रकार का होता है—सगुण ध्यान तथा निर्गुण ध्यान। सगुण ध्या [illegible] की प्राप्ति होती है और निर्गुण ध्यान करने से योगी को सग [illegible] बारह दिनों मे ही वायु को रोककर समाधि को सिद्ध कर [illegible] समाधि की अवस्था में जीवात्मा और परमात्मा में [illegible] देह को छोड़ देना चाहे, तो वह ऐसा भी कर सकता है। [illegible] देता है, तो परम ब्रह्म में मिल जाता है फिर उसका [illegible] और वह इसे छोड़ना नही चाहे, तो उसके पास [illegible] जब और जहां चाहे समस्त लोकों में विहार कर [illegible] स्वर्ग में देवता बनकर वहां की महिमाओं को भी [illegible] वह योगी पुन मनुष्य, यक्ष, गंधर्व या किसी भी

सकता है। इसी प्रकार से वह सिह,व्याघ्र या हाथी आदि पशुओं के रूप में भी स्वय को परिवर्तित कर सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि समाधि सिद्ध हो जाने पर योगी ब्रह्म के समान ही सभी प्रकार की शक्तियों से समन्वित हो जाता है। (102-110)

समाधि की सिद्धि मिल जाने पर योगी जैसा चाहे, वैसा ही व्यवहार कर सकता है। वह पूर्णरूप से महेश्वर ही बन जाता है। दोनों में (योगी तथा महेश्वर में) कोई भेद नही रह जाता है। भेद रहता है,तो केवल योगाभ्यास का ही रहता है। योगी को योगाभ्यास करने पर ही यह शक्ति प्राप्त हो सकती है,जबकि महेश्वर स्वय शक्तिमान है। यह भेद रहने पर भी फल की दृष्टि से दोनो समान बन जाते हैं। इस सिद्धि के प्राप्त हो जाने पर योगी को अब आगे इस प्रकार का अभ्यास करना चाहिए—बाए पाव की एडी को योनि के साथ सलग्न करे और दाएं पाव को फैलाकर दोनों हाथों से दृढता से पकड ले,तब चिबुक (ठोड़ी) को वक्षस्थल से लगाकर उदर को वायु से भर ले। अब जितनी देर तक संभव हो वायु को अदर ही रोके रहे; अर्थात कुभक करे। इसके बाद रेचक करे। इस अभ्यास को एक बार बाएं पैर से करने के बाद फिर दाहिने पैर से करे। जो पाव पूर्व अभ्यास में फैलाया था,उसे योनि से लगाकर दूसरे पाव को फैलाकर अभ्यास करे। इस प्रक्रिया को महाबध कहा जाता है। इसका इन दोनों ही प्रकारों से अभ्यास करना चाहिए। इस महाबध को योगी दत्तचित्त भाव से करे। वायु की गति को रोककर पूर्णतया एकाग्र होकर वायु-मुद्रा करते हुए नाक के छिद्रों को सकुचित करने से वायु शीघ्रता से प्रविष्ट हो जाती है। इसी को योग शास्त्र मे महावेध कहा जाता है। सिद्ध लोग रात-दिन सदा इसका अभ्यास करते है। अब कपाल के कुहरे मे जिह्वा को मोडकर लगाए और दृष्टि को दोनो भौहों के बीच में रखे—इस स्थिति को खेचरी मुद्रा कहा जाता है। कठ को सकुचित करके हृदय (वक्षस्थल) से लगाए, ऐसा करना जालंधरबध कहलाता है,जो मृत्युरूपी हाथी के लिए सिह के समान है,अर्थात् जालधरबध के अभ्यास से मृत्यु पास भी नही फटकने पाती है। इससे बधा हुआ प्राण सुषुम्ना मे उठ जाता है,अत योगी लोग इस प्राण के उठने की स्थिति को उड्डियान बंध कहते हैं। एड़ी से योनि भाग को मिलाकर दृढतापूर्वक दबाया जाता है और अपान वायु को भीतर की ओर खीचा जाता है। यह क्रिया योनिबध कहलाती है। (111-121)

इन समस्त यौगिक प्रक्रियाओं से प्राण,अपान,नाद और बिदु मे मूलबध से एकता उत्पन्न हो जाती है। इससे योगी की समुचित सिद्धि प्राप्त होती है,इसमे कोई भी सदेह नही करना चाहिए। विपरीत मुद्रा, अर्थात् करणी मुद्रा सभी प्रकार के दुःखो एव रोगों की नाश करनेंवाली मुद्रा है। इस मुद्रा का सतत् अभ्यास करने से जठराग्नि (भूख) प्रबल हो जाती है, जिससे साधक अधिक-से-अधिक भोजन को पचा सकता है। इस मुद्रा को कर लेने पर साधक यदि कम आहार करेगा,तो यह साधक के शरीर का ही नाश करने लगेगी। इस मुद्रा को करने के लिए अभ्यास के प्रथम दिन एक क्षण के लिए सिर को नीचे तथा पांवों को ऊपर करना चाहिए। इस प्रकार प्रतिदिन एक-एक क्षण अभ्यास को बढाते जाना चाहिए। ऐसा करते रहने से केवल छ. मास के अल्प समय में ही देह से झुर्रिया तथा सफेद बाल पूर्णतया लुप्त हो जाते है। प्रतिदिन इस करणी अथवा विपरीत नामवाली मुद्रा को एक प्रहर तक करने से व्यक्ति कालजयी; अर्थात् मृत्यु को भी जीतनेवाला बन

जल-तत्त्व के स्थान से हृदय के स्थान पर्यत अग्नि-तत्त्व का स्थान कहा गया है। अग्नि-तत्त्व त्रिकोण के आकार का है। इसका वर्ण लाल होता है और बीजाक्षर 'र' माना जाता है। अग्नि-तत्त्व में वायु-तत्त्व का आरोप करते हुए उज्ज्वल 'र' वर्ण से युक्त तीन अक्षरोंवाले 'वरद' (वरदान देनेवाले) चमकते हुए तरुण सूर्य के समान जाजव्ल्यमान अंगों पर भस्म रमाए हुए भगवान रुद्र का प्रसन्न मन से स्मरण करना चाहिए। पांच घड़ी तक इस प्रकार का ध्यान करने से साधक को अग्नि नही जला सकती। जलते हुए अग्नि कुंड में प्रवेश करने पर भी उसका शरीर नही जलता। अव हृदय से लेकर दोनो भौहों के बीच के स्थान तक वायु का स्थान माना जाता है। वायु षट्टकोण के आकार का माना जाता है। इसका वर्ण काला है और बीजाक्षर 'य' है, जिसकी आभा अत्यत चमकती हुई जैसी है। वायु-तत्त्व का मारुत स्थान पर देदीप्यमान 'य' अक्षर के साथ सभी दिशाओ की ओर मुखवाले सर्वज्ञ ईश्वर के रूप में ध्यान करे। केवल पाच घड़ी तक ऐसा करने पर ही साधक वायु के वेग के समान आकाश मे चलने की शक्ति प्राप्त कर लेता है। इस पर योगी को वायु से कोई भय नही रहता और उसकी मृत्यु भी वायु से नही हो सकती। भूमध्य मे वायु-तत्त्व की सीमा से प्रारंभ होकर मूर्धा तक आकाश-तत्त्व का स्थान है। यह वृत्त के आकार का तथा धूम्र के वर्णवाला होता है। देदीप्यमान 'ह' अक्षर इसका बीज अक्षर है। आकाश-तत्त्व मे वायु का आरोप करके बीज 'ह' के ऊपर आकाश के आकारवाले बिदु रूपी महादेव भगवान सदाशिव को शुद्ध स्फटिक के समान तथा माथे पर अर्धचद्र धारण किए हुए रूप में स्मरण करते हुए ध्यान लगाना चाहिए, साथ ही यह भी कल्पना करें कि भगवान शिव पांच सौम्य मुखोंवाले, दस बाहुओवाले, तीन आखोवाले, सभी आयुधों (अस्त्र-शस्त्रों)वाले, सभी आभूषणों से युक्त, सभी कारणो के कारण वरदान देनेवाले तथा उनका आधा शरीर पार्वती का और आधा शिव का अर्धनारीश्वर है। (91-101)

इस प्रकार आकाश-तत्त्व की धारणा से वह योगी आकाश में चलने में समर्थ हो जाता है और वह चाहे कही भी रहे अत्यधिक सुखी रहता है। उसके समस्त दु ख दूर हो जाते है। विलक्षण योगी इसी प्रकार पांच प्रकार की धारणाए करता है, इससे उसका शरीर अत्यंत दृढ हो जाता है और मृत्यु उससे दूर भाग जाती है। ब्रह्म प्रलय होने पर भी ऐसा योगी दु खी नही होता। अव वह योगी, जो इस प्रकार की धारणाए कर चुका हो, छ घडी तक इसी प्रकार वायु को रोककर ध्यान का अभ्यास करे। इस अभ्यास में वह आकाश मे अभीष्ट सिद्धि देनेवाले देवताओं का चिंतन करे। ध्यान दो प्रकार का होता है—सगुण ध्यान तथा निर्गुण ध्यान। सगुण ध्यान करने से अणिमा आदि सिद्धियों की प्राप्ति होती है और निर्गुण ध्यान करने से योगी को समाधि मिलती है। मेधावी योगी केवल वारह दिनों में ही वायु को रोककर समाधि को सिद्ध कर लेता है तथा जीवन-मुक्त हो जाता है। समाधि की अवस्था में जीवात्मा और परमात्मा में समानता हो जाती है। इसमे यदि योगी अपनी देह को छोड़ देना चाहे, तो वह ऐसा भी कर सकता है। इस प्रकार यदि वह अपने शरीर को छोड देता है, तो परम ब्रह्म में मिल जाता है फिर उसका पुनर्जन्म नही होता। यदि उसे शरीर ही प्रिय हो और वह इसे छोडना नही चाहे, तो उसके पास अणिमा, लघिमा आदि सिद्धिया आ जाती हैं। वह जब और जहां चाहे समस्त लोकों में विहार कर सकता है, यही नही, वह कभी भी अपनी इच्छा से स्वर्ग में देवता बनकर वहां की महिमाओं को भी प्राप्त कर सकता है। इच्छा होने पर क्षण भर में ही वह योगी पुन मनुष्य, यक्ष, गधर्व या किसी भी मानवीय या मानवेतर योनि के शरीर को धारण कर

सकता है। इसी प्रकार से वह सिंह, व्याघ्र या हाथी आदि पशुओं के रूप में भी स्वय को परिवर्तित कर सकता है। कहने का तात्पर्य यह है कि समाधि सिद्ध हो जाने पर योगी ब्रह्म के समान ही सभी प्रकार की शक्तियों से समन्वित हो जाता है। (102-110)

समाधि की सिद्धि मिल जाने पर योगी जैसा चाहे, वैसा ही व्यवहार कर सकता है। वह पूर्णरूप से महेश्वर ही वन जाता है। दोनों में (योगी तथा महेश्वर में) कोई भेद नही रह जाता है। भेद रहता है, तो केवल योगाभ्यास का ही रहता है। योगी को योगाभ्यास करने पर ही यह शक्ति प्राप्त हो सकती है, जबकि महेश्वर स्वय शक्तिमान है। यह भेद रहने पर भी फल की दृष्टि से दोनो समान बन जाते है। इस सिद्धि के प्राप्त हो जाने पर योगी को अव आगे इस प्रकार का अभ्यास करना चाहिए—बाए पाव की एडी को योनि के साथ संलग्न करे और दाए पाव को फैलाकर दोनों हाथों से दृढ़ता से पकड ले, तब चिबुक (ठोडी) को वक्षस्थल से लगाकर उदर को वायु से भर ले। अब जितनी देर तक संभव हो वायु को अंदर ही रोके रहे; अर्थात कुभक करे। इसके बाद रेचक करे। इस अभ्यास को एक बार वाएं पैर से करने के वाद फिर दाहिने पैर से करे। जो पाव पूर्व अभ्यास में फैलाया था, उसे योनि से लगाकर दूसरे पांव को फैलाकर अभ्यास करे। इस प्रक्रिया को महावंध कहा जाता है। इसका इन दोनों ही प्रकारों से अभ्यास करना चाहिए। इस महाबध को योगी दत्तचित्त भाव से करे। वायु की गति को रोककर पूर्णतया एकाग्र होकर वायु-मुद्रा करते हुए नाक के छिद्रो को सकुचित करने से वायु शीघ्रता से प्रविष्ट हो जाती है। इसी को योग शास्त्र मे महावेध कहा जाता है। सिद्ध लोग रात-दिन सदा इसका अभ्यास करते है। अव कपाल के कुहरे मे जिह्वा को मोडकर लगाए और दृष्टि को दोनों भौहों के वीच में रखे—इस स्थिति को खेचरी मुद्रा कहा जाता है। कठ को सकुचित करके हृदय (वक्षस्थल) से लगाए, ऐसा करना जालधरबध कहलाता है, जो मृत्युरूपी हाथी के लिए सिह के समान है, अर्थात् जालधरबध के अभ्यास से मृत्यु पास भी नही फटकने पाती है। इससे बधा हुआ प्राण सुषुम्ना मे उठ जाता है, अत. योगी लोग इस प्राण के उठने की स्थिति को उड्डियान बंध कहते है। एडी से योनि भाग को मिलाकर दृढतापूर्वक दबाया जाता है और अपान वायु को भीतर की ओर खीचा जाता है। यह क्रिया योनिबध कहलाती है। (111-121)

इन समस्त यौगिक प्रक्रियाओं से प्राण, अपान, नाद और बिदु में मूलबध से एकता उत्पन्न हो जाती है। इससे योगी की समुचित सिद्धि प्राप्त होती है, इसमे कोई भी सदेह नही करना चाहिए। विपरीत मुद्रा, अर्थात् करणी मुद्रा सभी प्रकार के दुःखो एवं रोगों की नाश करनेवाली मुद्रा है। इस मुद्रा का सतत् अभ्यास करने से जठराग्नि (भूख) प्रबल हो जाती है, जिससे साधक अधिक-से-अधिक भोजन को पचा सकता है। इस मुद्रा को कर लेने पर साधक यदि कम आहार करेगा, तो यह साधक के शरीर का ही नाश करने लगेगी। इस मुद्रा को करने के लिए अभ्यास के प्रथम दिन एक क्षण के लिए सिर को नीचे तथा पावो को ऊपर करना चाहिए। इस प्रकार प्रतिदिन एक-एक क्षण अभ्यास को बढाते जाना चाहिए। ऐसा करते रहने से केवल छ. मास के अल्प समय में ही देह से झुर्रिया तथा सफेद बाल पूर्णतया लुप्त हो जाते है। प्रतिदिन इस करणी अथवा विपरीत नामवाली मुद्रा को एक प्रहर तक करने से व्यक्ति कालजयी, अर्थात् मृत्यु को भी जीतनेवाला बन

जाता है। इसके बाद वज्रोली मुद्रा को करनेवाला योगी सिद्धियों का पात्र बन जाता है। यदि वह इस मुद्रा को सिद्ध कर ले तो समस्त सिद्धियों को उसकी हस्तगत ही समझना चाहिए। वह भूतकाल एवं भविष्य का ज्ञाता हो जाता है। विश्वास करने की बात है कि आकाश में चलने में भी समर्थ हो जाता है। जो साधक नित्य अमरी का पान करता है और नासिका से इसका नस्य लेता है—इन दोनों कार्यो को करने के साथ-ही-साथ सदा वज्रोली का अभ्यास करता है, वह अमरोली साधक कहलाता है। इसके बाद वह निःसंदेह राजयोगी कहलाने लगता है। राजयोगी बन जाने पर साधक के लिए हठ योग की शारीरिक साधनाओं की आवश्यकता नहीं रहती है। तब उसे एक निश्चित विवेक की प्राप्ति होने वर वैराग्य उत्पन्न हो जाता है। अत· उसे किसी भी सांसारिक वस्तु के प्रति मोह नही रह जाता। (121-130)

भगवान विष्णु ही महान् योगी, महान् भूत (प्राणी) और महान् तपस्वी है। तत्त्व मार्ग के पथिक योगी को यह भगवान पुरुषोत्तम दीपक के समान साक्षात दिखाई पडते है। नाना प्रकार की योनियो मे उत्पन्न होनेवाला जीव अतत· मनुष्य योनि को प्राप्त करता है। पूर्व योनि मे यह जिस स्तन से दूध पीता है, दूसरी योनि मे उसी स्तन का मर्दन करता हुआ आनदित होता है। पूर्व योनि मे जिस भग से जन्म लेता है, दूसरी मे उसी भग से सभोग करता है। जो पूर्व जन्म मे माता थी, वही इस जन्म मे भार्या बन जाती है। जो उस योनि मे भार्या थी, वह इस योनि में माता बन जाती है। जो पहले पुत्र था वह अब पिता बन जाता है तथा जो उस जन्म में पिता था, वही इस जन्म मे पुत्र बन जाता है। इस प्रकार यह सासारिक जन्म चक्र ठीक उस कुए के चक्र (रहट) के सदृश है, जो ऊपर-नीचे घूमता हुआ भरता और खाली होता रहता है। प्राणी अनेको जन्मो को धारण करता हुआ भ्रमित होता रहता है। तीन लोक है, तीन वेद है (ऋग्वेद, सामवेद एव यजुर्वेद) वैदिक साहित्य मे यत्र-तत्र 'तीन वेद' ऐसा उल्लेख मिलता है, अत कुछ विद्वानों की मान्यता है कि वस्तुत वेद ये ही तीन है, अथर्ववेद को बाद मे वेदों मे सम्मिलित किया गया), तीन सध्याए है (प्रात मध्य दिन तथा साय), तीन स्वर है (ह्रस्व, दीर्घ एव प्लुत), तीन ही अग्निया (गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि तथा आह्वानीय अग्नि) है तथा गुण भी तीन ही है (सत्त्व, रजस एवं तमस)। ये सभी त्रयाक्षर (ओम = अ + उ + म्) में स्थित है। इन तीनों अक्षरो के साथ ही आधे अक्षर का भी योगी द्वारा अध्ययन किया जाना चाहिए। सभी कुछ उसी में पिरोया हुआ है, वही सत्य है तथा वही परम पद है। जैसे तिलों मे तेल होता है, पुष्पों में गध होती है, दूध में घी होता है तथा पत्थरों में सोना होता है, उसी प्रकार यह भी सभी मे व्याप्त है। हृदय स्थान मे कमल व्याप्त है, उसका नीचे की ओर वक्र मुख है। उसकी नाल ऊपर को है तथा बिंदु नीचे की ओर है। इसके बीच मे मन स्थित है, 'अ' अक्षर से रेचित होने पर इस पद्म (कमल) को 'उ' अक्षर से भेदा जाता है। 'म' वर्ण से नाद की प्राप्ति होती है तथा अर्धमात्रा निश्चल अवस्था मे रहती है। योग मे लगा हुआ साधक इस प्रकार शुद्ध स्फटिक के समान, कलारहित, पाप नाशक परम पद रूपी उस पुरुष को प्राप्त करता है। अपने हाथ, पावं, सिर आदि को जैसे कछुआ अपने अदर समेट लेता है, उसी प्रकार शरीर के समस्त द्वारों में भरा हुआ वायु दबाने पर इन नौ द्वारो मे ऊपर चला जाता है। घड़े के मध्य में रखे हुए दीपक के समान ही कुभक को भी माना जाता है। नौ द्वारो के निरुद्ध कर दिए जाने पर नीरव उपद्रव रहित स्थान में केवल आत्मा ही शेष रहता है, जो योग-साधना से ही संभव है। यही इसका सार है। (130-142) □

38. सुबालोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिद पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

ॐ शाति शांति शांति.।

वह ब्रह्म पूर्ण है, यह जगत भी पूर्ण है, उस पूर्ण ब्रह्म से ही इस पूर्ण (जगत) की उत्पत्ति हुई है, अत. पूर्ण ब्रह्म में से यदि इस पूर्ण (जगत) को पृथक भी कर दें तो पूर्ण ही शेष रहता है। आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक इन तीनों प्रकार के तापों, अर्थात दु खों की शाति हो।

प्रथम खंड

'सृष्टि से पूर्व क्या था ?' यह प्रश्न पूछे जाने पर घोरागिरस ऋषि बरेले, 'सृष्टि से पूर्व न तो सत था, न ही असत था और सदसद (सत असत) भी नही था। इस स्थिति मे सर्वप्रथम तमस (अज्ञान) उत्पन्न हुआ। तब इस तमस से भूत आदि की उत्पत्ति हुई, भूतों से आकाश की, आकाश से वायु की, वायु से अग्नि की, अग्नि से जल की तथा जल से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। (1-2)

यह ब्रह्माड रूप अंडे में परिवर्तित हो गया। इसमें एक वर्ष बिताने पर ब्रह्म ने इसके दो भाग कर दिए, जिसमें अधोभाग से पृथ्वी तथा ऊपरवाले भाग से आकाश बन गया। इन दोनो के मध्य में एक दिव्य पुरुष उत्पन्न हुआ, जिसके हजारों सिर थे, हजारों नेत्र थे, हजारों पांव थे तथा हजारो भुजाए थी। (3)

इस प्रकार के दिव्य पुरुष ने सर्वप्रथम प्राणियों के लिए मृत्यु की सर्जना की। मृत्यु तीन नेत्रोंवाला, तीन सिरोंवाला तथा तीन ही पावोवाला था। उसके हाथों में एक छोटा-सा फरसा था।(4)

वह दिव्य पुरुष ब्रह्म था। उसने ब्रह्मा में प्रवेश किया, अर्थात् फिर उसी पुरुष से ब्रह्मा की उत्पत्ति हुई। तब उस ब्रह्मा ने अपने मानस से सात पुत्रों को जन्म दिया। ये सातों ब्रह्मा के मानस पुत्र कहलाए। ये ही प्रजापति बने। (5)

इसके पश्चात इस विराट स्वरूप से चारों वर्णों की उत्पत्ति हुई। ब्राह्मण इस विराट का मुख था, राजन्य, अर्थात क्षत्रिय बाहु थे, वैश्य इसके उरु थे तथा दोनो पैरो से शूद्र हुए। —कानो से वायु की उत्पत्ति हुई तथा हृदय से प्राणों का जन्म हुआ। यह समस्त चराचर जगत इसी से उत्पन्न हुआ।(6)

द्वितीय खंड

उस विराट पुरुष के अपान से निषाद, यक्ष, गंधर्व तथा राक्षस उत्पन्न हुए, अस्थियों से पर्वतों का, लोमो से औषधियों-वनस्पतियों का तथा ललाट के क्रोध से रुद्र का जन्म हुआ। (1)

उसी महान प्राणी विराट के नि श्वास से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, ज्योतिष, न्यायशास्त्र, धर्मशास्त्र, मीमांसा, व्याख्यान तथा उपाख्यान आदि सभी प्रादुर्भूत हुए। (2)

उस हिरण्यमय (स्वर्णिम तेजोमय) स्वरूप में ही समस्त लोक एव आत्माएं स्थित है। उसने स्वय को आधे पुरुष और आधी स्त्री— इन दो भागों में विभक्त किया। स्वय देव होकर उसने देवताओं को तथा ऋषि होकर ऋषियो को बनाया तथा इसी प्रकार यक्ष, राक्षस, गधर्व आदि सामाजिक भावना से रहनेवाले प्राणियों को तथा वन में रहने वाले गाय-बैल, घोडा-घोडी, गधी-गधा आदि सवके भरण-पोषण करनेवाले तथा करने वालियो को बनाया। (3)

अंत में वह पुरुष वैश्वानर (अग्नि) बनकर सबको दग्ध कर देता है।

समस्त पृथ्वी जल मे लय हो जाती है, जल तेज में लय हो जाता है, तेज वायु में, वायु आकाश मे तथा आकाश इद्रियों मे लीन हो जाता है। इंद्रिया तन्मात्राओं में और तन्मात्राए भूत आदि मे लीन हो जाती है। भूत आदि महत में, महत अव्यक्त में, अव्यक्त अक्षर में एव अक्षर अज्ञान मे लीन हो जाता है। तमस अर्थात अज्ञान परमेश्वर मे एकाकार हो जाता है। तव पुन सर्वप्रंथमवाली अवस्था आ जाती है—न 'सत' रहता है, न 'असत' और न 'सत-असत' ही। यही निर्वाण का उपदेश है; यही वेदों की शिक्षा है, और यही वेदो का अनुशासन है। (4)

तृतीय खंड

'असत' ही सर्वप्रथम था। तव किसी का जन्म नही हुआ था, अर्थात् यह एक अजात, अभूत (प्राणहीन), अप्रतिष्ठित, शब्दरहित, स्पर्शरहित, रूपरहित, रस रहित, गध रहित, व्यय (नाश) रहित, अमहान, अवृहद और अजन्मावाली स्थिति थी। आत्मा को इस प्रकार मानकर धीर जन दु खी नही होते है। (1)

वह आत्मा प्राण रहित है, मुख रहित है, श्रोत्र रहित है, कर्ण रहित, वाणी रहित, गति रहित, तेज रहित, नेत्र रहित, नाम रहित, गोत्र रहित, सिर रहित, हाथ रहित, पाव रहित, वसा एव रक्त रहित है। वह अप्रमेय (जो सिद्ध नही किया जा सकता), अहस्व, अदीर्घ एवं अस्थूल है। मन उसका पार नही पा सकता, वह अनल्प, अपार अनिर्देश्य, अनावृत, अप्रकाश्य (जिस पर कोई प्रकाश नही डाला जा सकता), असंवृत्त (असकीर्ण), अनतर (जो भीतर न हो) तथा अवाह्य (जो वाहर न हो) है। वह कुछ भी नही खाता और कोई उसे भी नही खाता। (2)

इस प्रकार के अनिर्वचनीय ब्रह्म को सत्य से, तप मे, दान मे, उपवास मे, ब्रह्मचर्य मे तथा अखंड वैराग्य से—इन छ अंगोंवाली साधना मे ही जाना जा सकता है, इन्हीं के समान इंद्रिय दमन,

दान एवं दया,इन तीनों का पालन भी होना चाहिए। इन सब गुणों एव साधनों के द्वारा जो इसे जान लेता है,उसके प्राण भटकते नही हैं, वह इसी ब्रह्म में लीन हो जाता है और वह ब्रह्म ही बन जाता है। इस ज्ञान के विषय को जाननेवाला भी ब्रह्म ही बन जाता है। (3)

चतुर्थ खंड

हदय के मध्य में एक लोहित वर्ण मांसपिड है,जिसमें वह सूक्ष्म तत्त्व दहर पुडरीक कुमुद के (चंद्र कमल) के समान अनेक प्रकार से विकसित होता है। हदय के दस छिद्र होते हैं। जिनमे प्राण प्रतिष्ठित रहते हैं। (11)

जव वह प्राण के साथ सयुक्त होता है,तो नदी,नगर आदि अनेक दृश्यो को देखता है। जब व्यान के साथ सयुक्त होता है,तो देवताओं और ऋषियों को देखता है। अपान के साथ सयुक्त होने पर यक्ष,गंधर्व और राक्षसों को देखता है। उदान के साथ संयुक्त होने पर देव लोक को तथा स्कद जयत आदि देवताओं को देखता है। समान के साथ संयुक्त होने पर देवताओं और धनों को देखता है और जव यह वैरंभ के साथ संयुक्त होता है,तव अतीत के दृष्ट को,सुने हुए को,भुक्त को, अभुक्त को,'सत' तथा 'असत' सभी को देखता है। (2)

हदय में दसों (अनेक) नाड़िया होती है। इनमें प्रत्येक नाड़ी की बहत्तर-बहत्तर शाखाए होती है, इस प्रकार हजारों नाड़ियां हो जाती हैं,जिनमें यह आत्मा सोता है तथा शब्दों का कार्य करता है। जब यह द्वितीय कोश में सोता है तो इस लोक को,परलोक को तथा सभी छदो को देखता तथा जानता है। तब वह सप्रसाद कहलाता है। हदय की श्वेत नाडियां रुधिर से पूर्ण होती है। (3)

इस प्रकार जहां यह दहर पुडरीक कुमुद के समान अनेक प्रकार से विकसित होता है,उसमे बाल के हजारवें भाग के समान पतली नाड़ियां होती हैं। हदयाकाश के परम कोश मे दिव्य आत्मा शयन करता है। इसके सुप्त अवस्था में होने पर इसे किसी प्रकार की कोई कामना नही रहती और यह किसी प्रकार का स्वप्न भी नही देखता। तब वहा न देवता होते है; न देव लोक होता है। न यज्ञादि होते हैं और न वहा माता-पिता,बंधु-बाधव अथवा चोर-ब्रह्म हत्यारे आदि ही होते है। यह तेजोमय-अमतमय रूप है। यह सपूर्ण जलमय अथवा वनमय मार्ग है। इसी मार्ग से आत्मा जागृत अवस्था की ओर दौड़ता है। ऐसा सम्राट (जनक) ने कहा था। (4)

पचंम खंड

आत्मा उस स्थान मे रहनेवालों को स्थान देता है। नाड़ियां उसका निबंधन हैं,चक्षु अध्यात्म है,देखी जानेवाली वस्तुएं अधिभूत हैं और आदित्य अधिदैवत है। जो नाड़ी मे,प्राण में,विज्ञान में, आनद में,हदयाकाश में तथा समस्त जगत के अदर विचरण करता है,वह यही आत्मा है। अत इसकी उपासना करनी चाहिए। वह अजर (कभी वृद्ध न होनेवाला) अमर (कभी न मरनेवाला), अभय,शोक रहित तथा अनत है। (1)

श्रोत्र (कान) अध्यात्म है, श्रोतव्य (सुनने योग्य) अधिभूत है और दिशाएं अधिदैवत है। नाडी उनका निबधन (मूल स्थान) है। कानों मे सुने जानेवाले शब्दों में, दिशाओं में, प्राण मे आनद मे, हृदयाकाश में तथा इस सबके अंदर विचरण करनेवाला वह यही आत्मा है। अत यह उपासना करने योग्य है। यह जरा, मृत्यु, भय तथा शोक से रहित और अनंत है। (2)

नासिका अध्यात्म है, सूघने योग्य पदार्थ अधिभूत हैं और पृथ्वी अधिदैवत है। नाडी इनका निबंधन है। नासिका में, घ्रातव्य (सूघने योग्य पदार्थो में) में, पृथ्वी में, नाडियो मे, वही अनत आत्मा का संचार करता है। (3)

जिह्वा अध्यात्म है, आस्वाद्य (स्वाद लेने योग्य पदार्थ) अधिभूत है तथा देवता वरुण अधिदैवत है। नाडी उनका निबंधन है। जो जिह्वा में, अस्वाद्य मे, वरुण मे तथा नाडियो मे संचरण करता है, वह उपासना करने योग्य यही आत्मा है। (4)

त्वचा अध्यात्म है, स्पर्श करने योग्य पदार्थ अधिभूत है और वायु इसका अधिदैवत है। नाडी इनका निबंधन है। जो त्वचा में, स्पर्श करने योग्य पदार्थों में तथा वायु मे संचरणशील है, वही आत्मा है। (5)

मन अधिभूत है, विचार करने योग्य (मंतव्य) अधिभूत है तथा चद्रमा अधिदैवत है। नाडी उनका निबंधन है तथा मन, मतव्य और नाड़ी में संचरण करनेवाला यह वही आत्मा है। (6)

बुद्धि अध्यात्म है, बोध्य अधिभूत है और ब्रह्म अधिदैवत्र है। नाडी उनका निबधन है। बुद्धि, बोधव्य एवं ब्रह्मा में संचरणशील वही उपास्य आत्मा है। (7)

अहकार अध्यात्म है, अहकर्तव्य (अहकार करने योग्य विषय) अधिभूत है और रुद्र अधिदैवत है। नाडी उनका निबंधन है। अहंकार, अहंकर्तव्य तथा रुद्र में विचरण करनेवाला वही आत्मा है। (8)

चित्त अध्यात्म है, चितन अधिभूत है और क्षेत्रज्ञ अधिदैवत है। नाडी उनका निबधन है। चित्त में, चितन में, क्षेत्रज्ञ में तथा नाडी में संचरणशील वही उपास्य आत्मा है। (9)

वाणी अध्यात्म है, बोलना अधिभूत है तथा अग्नि अधिदैवत है। नाडी उसका निबधन है। वाणी में, बोलने में, अग्नि मे तथा नाडी में विचरणशील वही उपास्य आत्मा है। (10)

हाथ अध्यात्म है, लेना अधिभूत है और इद्र अधिदैवत है। नाडी उनका निबधन है। हाथ मे, लेने में, इंद्र में तथा नाडी में संचार करनेवाला वही आत्मा है। (11)

पाव अध्यात्म है, गतव्य अधिभूत है और विष्णु अधिदैवत है। नाड़ी उनका निबधन है। जो पाव में, गंतव्य में, विष्णु में तथा नाडी में सचार करता है, वही उपास्य है। वही आत्मा है। (12)

पायु अध्यात्म है, विसर्जन अधिभूत है, मृत्यु अधिदैवत है और नाडी उनका निबधन है। पायु में, विसर्जन में, मृत्यु में तथा नाडी में संचरण करनेवाला उपास्य आत्मा है। (13)

उपस्थ अध्यात्म है, आनदित करने योग्य कर्म अधिभूत हैं, प्रजापति अधिदैवत है तथा नाड़ी उनका निबंधन है। जो उपस्थ में आनंदितव्य में, प्रजापति मे, नाडी मे, प्राण मे, विज्ञान मे, आनद मे,

हृदयरूपी आकाश में तथा इस समस्त चराचर में सचरण करता है, उस अजर, अमर, अशोक एव अनत आत्मा की उपासना करनी चाहिए। (14)

यही सर्व है, सर्वेश्वर है, सर्वाधिपति है, अतर्यामी है, सबकी योनि है, सब सुखों द्वारा उपास्य है, न कि सब सुखों की उपासना करनेवाला है, वेद-शास्त्रो द्वारा उपास्य है, न कि वेद-शास्त्रो का उपासक, इसी से यह सब उत्पन्न हुआ है, न कि यह सब इसे उत्पन्न करता है। यह सबका नयन रूप है, प्रशास्ता है, अन्नमय है, भूतात्मा है, प्राण, मन तथा इंद्रियों का आत्मा है। मत्रोमय है, सकल्पात्मा है, विज्ञानमय है, कालात्मा है, आनदमय है एवं लयात्मा है। उसमे एकत्व ही नही है, तब द्वैतभाव कैसे हो सकता है? वह मर्त्य (मरनेवाला) नही है, तब उसकी अमरता कैसे हो सकती है? न वह अतप्रज्ञ है, न वहिप्रज्ञ है और न उभयप्रज्ञ ही है। न वह प्रज्ञान धन है, न प्रज्ञ है और न अप्रज्ञ ही है। न वह विदित है न वेद्य ही है। यही निर्वाण का अनुशासन है और यही वेदो की शिक्षा है। (15)

षष्ठ खंड

सृष्टि से पूर्व कुछ भी नही था। विना मूल और विना आधार के यह प्रजा उत्पन्न हुई। (1)

चक्षु एव देखने योग्य, कान और सुनने योग्य सब नारायण ही हैं। वही नाक और सूघने योग्य है, जिह्वा और आस्वाद्य (स्वाद योग्य) है, त्वचा और स्पर्श योग्य है, मन और मतव्य, चित्त और चितनीय है, वाणी और वक्तव्य है, हाथ और ग्रहण करने योग्य है, पाव और गतव्य है, पायु और त्याज्य है, उपस्थ और आनदनीय है, धाता और विधाता है तथा वही एक देव भगवान नारायण ही कर्ता और विकर्ता भी है। (2)

आदित्य, रुद्र, मरुत, वसु, अश्विनी कुमार, ऋक, यजुष तथा सामवेद, मत्र अग्नि, घी की आहुति वही एक नारायण भगवान है। (3)

माता, पिता, भाई, निवास, शरण, मित्र तथा गति भी वही नारायण है। (4)

वही विराजा, चारुदर्शन, अजिता, सौम्या, माधा, कुमारा, अमृता, सत्या, मध्या आदि दिव्य नाडिया है। (5)

गरजनेवाला, गानेवाला, वहनेवाला, वरसनेवाला, वरुण, अर्यमा, चद्रमा, काल, कवि, धाता, ब्रह्मा, इद्र, अर्ध दिवस, दिवस, कला, कल्प, ऊपर, नीचे तथा सभी दिशाए वही है। (6)

यह सब कुछ भूत एव भविष्य में होनेवाला, परम पुरुष ही है। वह स्वर्ग मे फैले हुए चक्षुओवाला है। विष्णु के उस परम पद को ज्ञानी लोग सदा देखते हैं। क्रोधहीन और सचेत रहनेवाले विप्रजन इसका सदा साक्षात्कार करते हैं। अत यही निर्वाण का उपदेश है, वेदो की शिक्षा तथा उनका अनुशासन है। (7)

सप्तम खंड

शरीर के अदर स्थित गुहा मे एक नित्य पुरुष रहता है, पृथ्वी जिसका शरीर है और वह पृथ्वी के अदर सचार करता है, किंतु पृथ्वी उसे नही जानती है। जिसका जल शरीर है और जो जल मे

सचार करता है,किंतु जल उसे नही जानता। इसी प्रकार तेज उसका शरीर है,वायु उसका शरीर है, आकाश उसका शरीर है, बुद्धि उसका शरीर है, अहंकार उसका शरीर है, चित्त उसका शरीर है, अव्यक्त, अक्षर तथा मृत्यु भी उसके शरीर हैं। यह इन सबसे संचार करता है, किंतु ये उसे नही जानते है। यह सभी प्राणियों का अतरात्मा, अपहत आत्मा दिव्य देव नारायण है। (1)

यह विद्या नारायण ने अपांतरतम को दी, अपांतरतम ने ब्रह्मा को दी, ब्रह्मा ने घोरांगिरस को दी, घोरागिरस ने रैक्व को दी, रैक्व ने राम को दी तथा राम ने सभी प्राणियों को दी थी। यह मोक्ष का उपदेश है, वेदो का अनुशासन और शिक्षा है। (2)

अष्टम खंड

सभी के अत शरीर मे स्थित गुहा में वही आत्मा रहता है। यह शरीर रक्त एव मास से भरा हुआ है तथा यह चित्रमय भित्ति (दीवार-चित्रवीथी) की तरह, गंधर्वो के नगर की तरह निःसार सुदरता युक्त, केले के वृक्ष के अंदर के भाग की तरह सारहीन और पानी के बुलबुले की तरह चंचल है, किंतु इससे पृथक् रहनेवाला आत्मा अचितनीय रूपवाला, दिव्य देव, असंग, शुद्ध, तेजोमय देहवाला, अरूप, सर्वेश्वर तथा अचित्य देहवाला अशरीर है। यह हृदय गुहा का रहनेवाला अमर ज्वाज्वल्यमान है। विद्वान मनीषी उसी मे लय होकर उस आनंद स्वरूप को देखते है। (1)

नवम खंड

रैक्व ने घोरागिरस से पूछा, 'ये सब चराचर जगत के प्राणी एवं पदार्थ अंत मे किसमे अस्त होते है ?' घोरांगिरस ने उत्तर दिया, 'जो पदार्थ चक्षु से प्राप्त होते है, वे चक्षु में ही अस्त होते है। चक्षु दर्शनीय पदार्थो के लिए प्राप्त होता है, अत. ये दर्शनीय पदार्थो में ही अस्त हो जाते है। ये दर्शनीय पदार्थ सूर्य से प्राप्त होते है अत उसी में अस्त हो जाते है। सूर्य विराट से प्राप्त होता है और उसी मे अस्त हो जाता है। यह प्राण से प्राप्त होता है, प्राण मे ही अस्त हो जाता है। प्राण विज्ञान से प्राप्त हो जाता है और उसी मे अस्त होता है। विज्ञान आनंद से प्राप्त होता है, अत आनद मे ही अस्त होता है। आनंद तुरीय से प्राप्त और उसी में अस्त होता है। वह अमृत, अभय अनत निर्बीज प्राप्त होता है।

इसी प्रकार जो श्रोत्र को प्राप्त करता है वह श्रोत्र में ही अस्त होता है। श्रोत्र श्रोतव्य के लिए, श्रोतव्य दिशा से, दिशा सुदर्शना से, सुदर्शना अपान से और अपान विज्ञान से प्राप्त होता है। अत नियमानुसार ये क्रमश· श्रोतव्य मे, दिशा मे, सुदर्शना में, अपान में तथा विज्ञान में (अर्थात जो जिसके लिए अथवा जिससे प्राप्त होता है, यह उसी मे अस्त होता है) अस्त होते हैं विज्ञान (विज्ञान के पश्चात यहा से इस खंड के अंत तक इससे पहले वाले अश का ही अतिम अश अन्वय होगा अर्थात—) आनद मे प्राप्त होता है, अत आनद में ही (पूर्ववत)। (2)

जिह्वा को प्राप्तकर जिह्वा में ही अस्त होता है। अत उपर्युक्त प्रकार मे जिह्वा, रसनीय, वरुण, सौम्य, उदान एव विज्ञान क्रमश रसनीय के लिए, वरुण से, सौम्य से, उदान मे, विज्ञान मे एव आनद

से प्राप्त होते है, अत· इनका (पूर्व लिखितो का बाद में लिखे हुओं में) क्रमश· अस्त होता है। विज्ञान का (इसके बाद प्रथम अश के समान)। (3)

नासा को प्राप्तकर नासा (नाक) में ही अस्त होता है। अत नासिका घ्रातव्य (सूघने योग्य), पृथ्वी, जिता, व्यान, विज्ञान एव आनद। प्रत्येक अपने से पूर्व से या उसके लिए प्राप्त हुआ है, अत· पूर्व लिखित का अपने से बाद वाले मे अस्त होता है। विज्ञान आनद में और आनद पूर्ववत प्राप्त होता है। (5)

त्वचा को प्राप्त कर त्वचा मे ही अस्ता होता है, अत त्वचा, स्पर्श, वायु, मोघा, समान, विज्ञान और आनंद में प्रत्येक अपने से पश्चात वाले के लिए या उससे प्राप्त हुआ है, अत उसका पश्चातवाले मे ही अस्त होता है। आनद के बाद पूर्ववत होता है। (5)

वाणी को प्राप्त कर वाणी मे अस्त होता है। अत वाणी, वक्तव्य, अग्नि, कुमार, वैरम्य, विज्ञान एव आनंद मे प्रत्येक अपने से बादवाले के लिए या उससे प्राप्त होता है, अत इनका उसी में अस्त भी होता है। (6)

हाथों को प्राप्त कर हाथो में ही अस्त होता है और हाथ, लेने योग्य, इद्र, ऋता, मुख्य एव विज्ञान मे प्रत्येक अपने से बादवाले को प्राप्त है, अत प्रत्येक का अपने बादवाले में अस्त होता है। (7)

पांवों को प्राप्त कर पावो मे अस्त होता है और पाव गतव्य, विष्णु, सत्य, अतर्याम एव विज्ञान मे प्रत्येक अपने बादवाले को प्राप्त हैं, अत उसका इसी मे अस्त होता है (8)।

जो पायु को प्राप्त होता है, वह पायु में ही अस्त होता है। पायु, त्याज्य (मल), मृत्यु, मध्यमा, प्रभंजन एव विज्ञान प्रत्येक अपने बादवाले को प्राप्त होता है, अत उसका इसी मे अस्त होता है। (9)

जो उपस्थ को (शिश्न या योनि) प्राप्त होता है, उसका उपस्थ में ही अस्त होता है। उपस्थ, आनदनीय, प्रजापति, नासीरा, कूर्मिर एव विज्ञान, ये प्रत्येक अपने बाद वाले को प्राप्त होते है और उसी मे अस्त होते है। (10)

जो मन को प्राप्त होता है, उसका मन ही अस्त होता है। मन, मतव्य (मनन करने योग्य), चद्र, शिशु, नाडी, श्येन, विज्ञान एवं आनद, ये अपने बाद वाले को प्राप्त होते है, अत उसी मे अस्त हो जाते है। (11)

जो बुद्धि को प्राप्त होता है, वह बुद्धि मे ही अस्त होता है। बुद्धि, बोधव्य (बोध करने योग्य) ब्रह्मा, सूर्य, कृष्ण एवं विज्ञान, ये प्रत्येक अपने बाद वाले को प्राप्त करते है, अत. उसी मे अस्त होते है। (12)

जो अहंकार को प्राप्त होता है, उसका अहकार में ही अस्त होता है। अहंकार, अहकर्तव्य (अहकार के योग्य) रुद्र, असुरा नाडी, श्वेत एवं विज्ञान, सभी अपने परवर्ती (बाद वाले को) प्राप्त होते है और इसी मे अस्त भी होते है। (13)

जो चित्त को प्राप्त होता है, उसका चित्त में ही अस्त होता है । चित्त, चेतितव्य (चितन योग्य), क्षेत्रज्ञ, भास्वत, नाड़ी, नाग, वायु एव विज्ञान, ये सभी अपने से बादवाले को प्राप्त होते है तथा उसी में अस्त होते है । (14)

इस तरह जो निर्बीज तत्त्व को प्राप्त होता है, वह स्वयं भी निर्बीज बन जाता है । वह जन्म नही लेता है, उसकी मृत्यु नही होती है, वह दुःखी नही होता, वह भेदा नही जा सकता, जल नही सकता, काटा नही जा सकता, कांपता नही, क्रोधित नही होता और इसे सबको जलानेवाला आत्मा कहा जाता है । (15)

यह आत्मा सैकड़ो प्रवचनो से, बहुत शस्त्रों के अध्ययन से या बुद्धि और ज्ञान पर आश्रित मेधा से प्राप्त नही होता । न वेदों से, न उग्र तप से, न साख्य से, न योग से, न आश्रय-व्यवस्था से और न ही किसी अन्य उपाय से, इस आत्मा को प्राप्त किया जा सकता है । जो ब्रह्मज्ञानी प्रवचनों से, प्रशसा से और समाधि से उठकर बाहर आते ही और आत्मा विषयक श्रवण करते है, व्याख्यान करते हैं, वे ही इसे प्राप्त करते है । शांत, इंद्रिय दमनवाला, उपरति एवं तितिक्षा मे समाहित होकर ही ब्रह्मचेत्ता आत्मा मे ही इस आत्मा को देखता है और वह सर्व आत्मामय हो जाता है । जो इस प्रकार जानता है, वह ऐसा ही हो जाता है । (16)

दशम खंड

(यह खड प्रश्नोत्तर रूप मे है । घोरागिरस द्वारा एक लोक बताए जाने पर रैक्व उसी पर प्रश्न पूछ डालते है कि यह लोक किसमे ओत-प्रोत है, अत प्रश्न रैक्व के है तथा उत्तर घोरागिरस के)। रैक्व ने पूछा, 'भगवन किस लोक मे सब कुछ अच्छी तरह प्रतिष्ठित है ?'— 'रसातल के लोको मे,' 'रसातल किसमें ओत-प्रोत है ?' —'भूलोक में ।' भूलोक किसमें ओत-प्रोत है —'भुव· लोक में ।' भुव· लोक ? (किसमें ओत-प्रोत है प्रत्येक प्रश्न के साथ अकित मानें) —'मह लोक में ।' मह लोक ? —'जल लोक में ।' जन_लोक ?— 'तपो लोक मे ।' तपोलोक ?— 'सत्य लोक में ।' सत्य लोक ?— 'प्रजापति लोक में ।' प्रजापति लोक ? — 'सभी लोक आत्मा रूपी ब्रह्म मे माला की तरह ओत-प्रोत है ।' (1)

इस प्रकार जो इन लोकों को आत्मा में ही प्रतिष्ठित है, ऐसा जान जाता है, वह भी उसी आत्मा में मिल जाता है । यही निर्वाण की शिक्षा है, वेदों का उपदेश एव अनुशासन है ।(2)

एकादश खंड

रैक्व ने पूछा, 'भगवन । यह विज्ञानमय आत्मा बाहर निकलते समय किस मार्ग से तथा किस स्थान को छोडकर जाता है ?' इस पर घोरागिरस बोले, 'हदय के बीच लोहित मासपिड मे दहर पुंडरीक कुमुद के समान अनेक प्रकार से विकसित होता है, इसके मध्य में एक कोश है । उसमे चार नाड़ियां होती है । इनके नाम इस प्रकार है—रमा, अरमा, इच्छा तथा अपनर्भवा । रमा पुण्य से पुण्य लोक में तथा अरमा पाप से पाप लोक में ले जाती है । इच्छा स्मरण किए हुओं को प्राप्त कराती है —ग अपुनर्भवा इस कोश को भेदती है । कोश को भेदकर शीर्षकपाल को, शीर्षकपाल को भेदकर

पृथ्वी को, पृथ्वी को भेदकर जल को, जल को भेदकर, तेज को, फिर वायु को, फिर आकाश को, फिर मन, फिर अहकार को, फिर महत को, फिर प्रकृति को, इसके बाद अक्षर को तथा अक्षर भेदकर मृत्यु को भेदती है। मृत्यु से परे परमदेव ही है और उसी से मिल जाती है। इससे आगे न 'सत' होता है, न 'असत' होता है; और न 'सत-असत' ही होता है। यही निर्वाण का उपदेश है, यही वेदों की शिक्षा है और यही वेदों का अनुशासन है। (1)

द्वादश खंड

नारायण से ही अन्न आया (उत्पन्न हुआ) है। यह ब्रह्मलोक में पका, इसके पश्चात यह माहसवर्तक मे, आदित्य में तथा क्रव्यादि में पका है। साधु-सन्यासी इस अन्न को जल में भिगोकर, वासी करके पवित्र करें और तब खाए। उनके द्वारा खाया जानेवाला यह अन्न स्वयं पैदा किया या मांगा हुआ नही होना चाहिए। उन्हे किसी से मांगना नही चाहिए (अर्थात स्वयं स्वतत्र स्थानो पर उगा अन्न तथा कदमूल ही उनका भोजन है। (1)

त्रयोदश खंड

बाल्यकाल में रहने की इच्छा करे, स्वभाव बच्चों की तरह सरल हो, आसक्ति एवं दोष से रहित हो, मौन साधन पाडित्य अर्जन के लिए ढोग करनेवाले के अनुसार न चलना कैवल्य की पराकाष्ठा कही गई है। प्रजापति का कथन है कि महान पद को जानकर तरुतले वास, चिथडे पहनना, किसी से सहायता न लेना तथा एकात समाधि लेनेवाला व्यक्ति आप्तकाम (पूर्ण हो चुकी इच्छाओं वाला) और निष्काम होता है, इच्छाए उसके लिए पुरानी (व्यर्थ की) चीजें हो जाती है। वह हाथी, शेर, मच्छर, नेवला, सर्प, राक्षस, मृत्यु आदि रूपो को जानकर उनसे डरता नही है। वह वृक्ष की तरह रहना चाहता है, कोई काट भी डाले, तो क्रोधहीन और कंपहीन, कोई छेद भी डाले, तो गुस्सा नहीं, ऐसे कमल की तरह, छिन्न-भिन्न कर दिए जाने पर भी अक्रोधी आकाश की त्रह तथा सत्य की तरह रहना चाहता है। यह आत्मा ही सत्य है। (1)

सब गंधो का हृदय पृथ्वी है, सभी रसो का हृदय जल है, सब रूपों का हृदय तेज है, सब स्पर्शो का वायु, सब शब्दों का आकाश, सब गतियों का प्रकृति तथा सब प्राणियों का हृदय मृत्यु है। यह मृत्यु ही परमात्मा में एकाकार होता है। इसके बाद न 'सत' रहता है, न 'असत' और न 'सत-असत' ही। यही निर्वाण का उपदेश, वेदो की शिक्षा तथा वेदानुशासन है। (2)

चतुर्दश खंड

पृथ्वी अन्न है, जल अन्नभक्षी है। जल अन्न है, तेज अन्नद (अन्न भक्षी या अन्न खानेवाला) है। तेज अन्न है, वायु अन्नाद है। वायु अन्न है, आकाश अन्नाद है। आकाश अन्न है, इंद्रियां अन्नाद है। इद्रिया अन्न है, मन अन्नाद है। मन अन्न है, बुद्धि अन्नाद है। बुद्धि अन्न है, अव्यक्त अन्नाद है। अव्यक्त अन्न है, अक्षर अन्नाद है। अक्षर अन्न है, मृत्यु अन्नाद है। मृत्यु ही परमात्मा में एकाकार होता है। (इत्यादि इससे पूर्ववत) । (1)

पंचदश खंड

रैक्व ने पूछा, 'भगवन जब यह विज्ञानमय आत्मा शरीर को छोड़ता है, तो किसके द्वारा कौन-से स्थान को जलाता है ?' घोरागिरस बोले, 'जब यह विज्ञानमय आत्मा बाहर निकलता है, तो प्राण को, अपान को, व्यान को, उदान को, समान को, वैरम्य को, मुख्य को, अंतर्याम को, प्रमनन को, कुमार को, श्येन को, कृष्ण को तथा नाग को जलाता है। फिर पृथ्वी, जल, तेज, वायु एव आकाश को, तब जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एव तुरीय इन अवस्थाओं को, फिर महती, लोक एव परलोक को, फिर लोकालोक को, धर्म-अधर्म को, फिर सूर्य रहित अमर्यादित स्थानों को जलाता है। फिर महत, प्रकृति, अक्षर और मृत्यु को जलाता है। मृत्यु ही परमात्मा मे एकाकार होती है, इत्यादि इससे पूर्व त्रयोदश खंड के अनुसार है।(1)

षोडश खंड

सौबाल बीजवाला यह ब्रह्म का उपनिषद (रहस्य) अत्यत अशांत, पुत्रहीन, शिष्य के अलावा कोई अन्य, जो कम-से-कम एक वर्ष तक समीप मे न रहा हो, उसे और अज्ञान कुल एव शील, इतने प्रकार के लोगो को न दिया जाए, क्योंकि कहा गया है कि जिसकी गुरु मे परमेश्वर जैसी भक्ति हो, यह विद्या उसी के लिए है। महापुरुष ऐसे ही व्यक्ति को इसकी दीक्षा देते है। यही निर्वाणानुशासन, वेद शिक्षा तथा वेदोपदेश है। (1)

□

39. मंडल ब्राह्मणोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमिद पूर्णमिद पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शांति शाति शाति ।

महामुनि याज्ञवल्क्य सूर्यलोक गए। उन्होंने आदित्य से कहा, 'भगवान सूर्य देव कृपया आत्म-तत्त्व के विषय मे उपदेश दीजिए।' सूर्य बोले यम आदि के सहित ज्ञान को अष्टाग योग कहते है। शीत,उष्ण,आहार एव निद्रा पर अधिकार,सर्वदा शाति,निश्चलता तथा इद्रिय निग्रह ये यम कहलाते है। गुरु-भक्ति सत्य,मार्ग के प्रति अनुराग,अपने-आपको कुछ भी मिल जाए,उसी पर सतोष करना,अनासक्ति,एकांत सेवन,मन की निवृत्ति,फलो की इच्छा न करना तथा वैराग्य,ये नियम है। लंबे समय तक एक ही आसन में सुखपूर्वक बैठना,यह आसन का नियम है। पूरक, कुभक एव रेचक को क्रमश सोलह,चौसठ तथा बत्तीस मात्राओ तक करना प्राणायाम है। इद्रियो के विषयों से मन को रोकना प्रत्याहार है। इस प्रकार के मन को चैतन्य में स्थापित करना धारणा है। सभी देहों में एक ही चैतन्य को देखना ध्यान है तथा ध्यान को भी भूल जाना समाधि है। इस प्रकार ये योग के सूक्ष्म अग है, इन्हे जाननेवाला मुक्ति का अधिकारी होता है। (1)

काम,क्रोध,विषय, भय एवं निद्रा, ये देह के पाच प्रकार के दोष है। सकल्प का अभाव, क्षमा, अल्पाहार, निर्भयता एव तत्त्व-चितन से ये दोष दूर किए जाते है। निद्रा एव भय सरीसृप (साप आदि) के समान,हिंसक विचार तरगों के समान,तृष्णा भवर सदृश और स्त्रिया कीचड सदृश है। ससार रूपी ऐसे सागर से पार होने के लिए सूक्ष्म मार्ग के आश्रय से सत्त्वादि गुणो को लाघकर तारक ब्रह्म का ध्यान करें। दोनों भौहो के मध्य मे स्थित ब्रह्म को अभ्यास द्वारा देखे। तीन लक्ष्यो का अवलोकन इसका उपाय है। मूलाधार से ब्रह्मरध्र तक सूर्य की आभावाली सुषुम्ना नाडी है। इसके मध्य कमल नाल से भी सूक्ष्म कुडलिनी है। इससे तमोगुण दूर होता है। इसके दर्शन से सभी पाप नष्ट होते है। तर्जनी से दोनों कानो को बद करने पर सुनाई देनेवाले फूत्कार शब्द मे मन को स्थित करने पर नेत्रो के मध्य नीली ज्योति दीखती है। ऐसे ही दर्शन हृदय मे भी होते है। बहिर्लक्ष्य यह है कि नासिकोस चार,छ ,आठ,दस एवं बारह अंगुली पर क्रमश नीला,काला,लाल,पीला एव दो रगों का मिश्रण युक्त प्रकाश के दर्शन से योगी हो जाता है। जिसे चंचल दृष्टि से आकाश भाग को देखने पर तुरंत ही तेज किरणे दीखें,उसकी दृष्टि स्थिर हो जाती है। मस्तक के ऊपर बारह अगुली लबा प्रकाश दिखने पर अमरता मिलती है। मध्यम लक्षण यह है कि प्रात ,सूर्य,चंद्र,अग्नि, ज्वाला जैसा फिर इससे रहित अतरिक्ष जैसा और बाद में स्वय उसी के आकार जैसा दीखता है। पुन. अभ्यास करने पर यह निर्गुण आकाश के समान,प्रकाशमय तारों जैसा,गहन अधकार सदृश 'पराकाश' जैसा,प्रलयकालीन अग्नि सदृश 'महाकाश' जैसा परम अद्वितीय स्वरूप मे प्रकाशमान

'तत्त्वाकाश' और करोड़ो सूर्यो के समान आभामय सूर्याकाश होता है। इसका ज्ञाता अभ्यास द्वारा तन्मय होता है। (2)

योग के पूर्व और उत्तर दो भेद है। पूर्व भेद तारक ब्रह्म तथा उत्तर भेद अमस्क है। तारक भी मूर्ति तारक और अमूर्ति तारक, दो प्रकार का है। यह दोनों क्रमश इद्रियो तक तथा भौहो के मध्य से आगे तक जानेवाले है। इन दोनो का अभ्यास अतर्दृष्ट तारक ब्रह्म को प्रकट करने मे समर्थ होता है। बाद मे भौहो के मध्य छिद्र मे तेज का आविर्भाव होता है। यह पूर्व तारक है। उत्तर विभाग मन रहित होता है। तलु मूल के ऊर्ध्व भाग मे महाज्योति रहती है, जिसके दर्शन से अणिमा आदि सिद्ध होती है। लक्ष्य से अतर्दृष्टि तथा बाह्य दृष्टि के निर्निमेष (अपलक) स्थिर होने पर शाभवी मुद्रा बनती है। यह सभी तंत्रो की एक गोपनीय मुद्रा है। उसके ज्ञान संसार से मुक्ति तथा पूजन से मोक्ष प्राप्ति होती है। अतर्लक्ष्य जल के समान ज्योति रूप है। इसे केवल महर्षि जानते है। यह अदर और बाहर की इद्रियो से अदृश्य रहता है। (2)

सहस्रसार मे अतर्लक्ष्य जल ज्योति है। अन्य लोगो के अनुसार बुद्धिगुहा मे सर्वांग सुदर पुरुप ही अतर्लक्ष्य है। मध्य के प्रशात पंचमुख उमा सहित नीलकंठ शिव ही अतर्लक्ष्य मानते है। यह सभी विकल्प आत्मा रूप ही है। इन्हे शुद्ध आत्मा दृष्टि से देखनेवाला ही ब्रह्मनिष्ठ होता है। जीव पचीसवा तत्त्व है, किंतु इसके दर्शन पर वह स्वकल्पित चौबीस तत्त्वो को त्यागकर अनुभव करने लगता है कि वह छब्बीसवा तत्त्व स्वय परमात्मा ही है, इस निश्चय से वह जीवनमुक्त हो जाता है। इस प्रकार अतर्लक्ष्य के दर्शनों से जीवन मुक्त हो जाता है। इस प्रकार अंतर्लक्ष्य के दर्शनों से जीवनमुक्ति प्राप्त होने पर साधक एव अतर्लक्ष्य बनकर अखड मडल परम आकाश रूप हो जाता है। (3)

द्वितीय ब्राह्मण

तब याज्ञवल्क्य ने आदित्य मडल के पुरुष से पूछा, 'अतर्लक्ष्य अनेक प्रकार से कहा गया है, किंतु मै इसे नही जानता, अत इसे मुझे बताइए।' वह पुरुप बोला, 'पचभूतो का कारण विद्युत की आभावाला एव चार पीठोवाला है। उसके मध्य मे अति गूढ और अव्यक्त तत्त्व का प्रकाश होता है। ज्ञान-नौका पर चढ़कर ही उसे जाना जा सकता है। वही अंतर्लक्ष्य एव वहिर्लक्ष्य है। उसके मध्य में जगत लीन है। वह नाद, बिदु एव कला रहित अखड मडल और निर्गुण स्वरूप है। इसके ज्ञान से मुक्ति होती है। पहले अग्नि-मडल एव इसके ऊपर सूर्य-मडल है। उसके मध्य सुधामय चद्र-मडल और इसके मध्य अखंड ब्रह्म तेज-मडल है, वह विद्युल्लेखा समान सफेद चमकीला है, यही शाभवी मुद्रा का लक्षण है। इसके दर्शन से अमावस्या, प्रतिपदा एव पूर्णिमा, ये तीन रूप दीखते है, बंद, अधखुली और खुली दृष्टि क्रमश इनके रूप है। इनमे पूर्णिमा दृष्टि का अभ्यास करना चाहिए, नासिकाग्र इसका लक्ष्य है। तालु मूल मे गहन अधकार के दर्श पर इसके अभ्यास से अखंड मडलाकार ज्योति के दर्शन होते है। यही सच्चिदानद ब्रह्म है। इसमे मन के लय होने पर प्राणी को मिलनेवाली शाति खेचरी मुद्रा है। इसके अभ्यास मे मन स्थिर होता है, फिर बुद्धि स्थिर

होती है। इसमे पहले तार जैसा, फिर वज्र दर्पण, पूर्ण चद्रमडल, नौ रत्नों की प्रभा मडल, सम्पूर्ण सूर्य मडल और फिर अग्निशिखा मडल क्रमश: दीखते हैं। (1)

तब पश्चिमाभिमुख स्फटिक समान धूम्रवर्ण नाद, विंदु, कला, नक्षत्र, ज्योति तेज, सूर्य, सतरत्न आदि की प्रभा दिखाई पडती है। यही प्रणत रूप है। प्राण एव अपान को एक करके भृकुटि के मध्य के आगे दृष्टि रखकर प्रबल भावना से दोनों हाथ की अगुलियों से षणमुखी मुद्रा करे, तब नादश्रवण करके उसमे मन लीन होता है। उसे कर्म लिप्त नही करते। सूर्य के उदय-अस्त होने पर भी होने है, अत चैतन्य सूर्य का उदय-अस्त न होने से कर्म भी नही रहते। शब्द-काल के लय से रूप गध एव दिवस से रहित होने पर सर्व परिज्ञान की अवस्था में स्पर्श में एकता और मनलीनता होती है। निश्चित अवस्था उसका ध्यान, सब कर्मों से दूर रहना आसान, निश्चय ज्ञान आसन, मन लीनता पाद्य, नित्य मन रहित होना अर्घ्य, प्रकाश और अनत अमृत वृत्ति ज्ञान, ब्रह्म सम्मानता की भावना चदन, दर्शन स्वरूप में स्थित अक्षत, चैतन्य सूर्य दीपक, परिपूर्ण नमस्कार, मौन साधना स्तुति तथा पूर्णतया सतोष विसर्जन है। इसका ज्ञाता ब्रह्मरूप हो जाता है। (2)

इस प्रकार ज्ञाता, ज्ञान औरज्ञेय रूपी त्रिपुटी के निरग्न होने पर देह तरगहीन समुद्र जैसा, वायु रहित दीपक जैसा, अचल, पूर्ण, भाव-अभाव हीन 'केवल ज्योति' रूप हो जाता है। जागते-सोते भी अत परिज्ञान से ब्रह्मवेत्ता बनता है। सुषुप्ति एव समाधि में मन की लीनता समान होने पर भी इनमें अतर है, सुषुप्ति में यह आन में लीन होता है, किंतु समाधि में तमोगुण के विकारों का नाश और ब्रह्म से एकाकार होने पर जगत प्रपच का लय हो जाता है, क्योंकि यह मन से ही कल्पित है। तब कभी समाधि से उठने पर भी यह प्रपंच मिथ्या जान पडता है। एक बार भी इस 'सत' आनद का अनुभव हो जाने पर ब्रह्मवेत्ता उसी के समान हो जाता है। सकल्पनाश होने पर मुक्ति हाथ में हो जाती है। अत भाव-अभाव के त्याग पर परमात्मा के ध्यान द्वारा वह मुक्ति पाता है। फिर बार-बार सभी अवस्थाओं में ज्ञान ज्ञेय, ध्यान-ध्येय, लक्ष्य-अलक्ष्य, दृश्य-अदृश्य और ऊहा-पोह को त्यागकर मानव जीवन मुक्त हो जाता है, इसका ज्ञाता भी ब्रह्म को प्राप्त करता है। (3)

जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीया तथा तुरीयातीत, ये पांच अवस्थाएं हैं। जागृत अवस्था में प्रवृत्त जीव प्रवृत्ति मार्ग का आसक्त होने से पाप के फलस्वरूप नरक आदि को जाता है। शुभकर्म के फल स्वर्ग की इच्छा से वह वैराग्य स्वीकार करके कर्मफल जन्य जन्म एव ससार से मुक्ति हेतु निवृत्ति मार्ग अपनाता है। गुरु का आश्रय लेकर काम आदि को त्यागकर वेदानुसार कर्म करता हुआ चार साधन युक्त होता है। हृदय कमल स्थित भगवान की सत्ता-मात्रा अतर्लक्ष्य मे सुषुप्ति अवस्था रहित ब्रह्मानद को स्मरण करता हुआ विचार करता है कि 'मै एक अद्वितीय ही हू, किंतु कुछ काल से अज्ञान के कारण अपना स्वरूप भूल गया हू। जागृतावस्था के कारण स्वप्नावस्था में भी मै स्वय को तेज स्वरूप मानने लगा था, इन दोनो अवस्थाओ के बाद सुषुप्ति मे मै अपने को प्राज्ञ मानने लगा था, किंतु अब मैं स्वय को 'एक ही हू', ऐसा अनुभव करता हू। स्थान-भेद से यह भी भिन्न अवस्थाए थी, किंतु मुझसे कुछ भी पृथक् नही है। इस विवेक के होने पर 'अब मैं अद्वैत ब्रह्म हू।' इस अनुभूति से समस्त भेदभाव दूर हो जाते हैं। अपने अंत स्थित भानु मडल के ध्यान से ब्रह्म के तदाकार होकर मुक्ति मार्ग पर आरूढ होकर परिपक्व होता है। सकल्प आदि मन के बधन के हेतु

और भीतर से अपरमित द्युति के समान तत्त्व महाकाश है। सूर्याकाश बाहर एव भीतर से सूर्य के समान है। परमाकाश अवर्णनीय ज्योतिवाला तथा असीम आनंदमय है। इस प्रकार इनमे जिसका दर्शन हो, उसी के समान रूप की प्राप्ति होती है। नौ चक्रोंवाले, छ. आधारवाले तथा तीन लक्ष्योंवाले,इन पाचो आकाशों को जो सम्यक रूप में जानता है,वस्तुत वही योंगी है।

पंचम ब्राह्मण

विषयी मन बंधन कारक तथा निर्विषयी मन मुक्तिकारक होता है। अत समस्त जगत चित्त का ही विषय है,यदि चित्त निराश्रय हो,तो मन उन्मन्य अवस्था से परिपक्व होकर लय योग्य होता है। अत लय को परिपूर्ण 'मै' के प्रति अभ्यास करें। क्यों मन के लय का कारण ही 'मै' है। अनाहत शब्द के भीतर की ध्वनि के अदर ज्योति है,इस ज्योति के अतर्गत मन है और यह मन ही तीनो लोको की उत्पत्ति,स्थिति तथा सहार का कारण है। अत· जिसमे मन लय होता है,वही विष्णु का परम पद है। इसमे मन का लय होने से पूर्ण अभेदमय शुद्ध अद्वैत तत्त्व की प्राप्ति होती है। यही परम तत्त्व है। इसका ज्ञाता बालक,उन्मत्त या पिशाच के समान ससार में जड़ जैसा आचरण करता है। इस अमस्क का अभ्यास होने से नित्य तृप्ति,मल-मूत्र की अल्पता,कम आहार,दृढ शरीर,जडता का अभाव,निद्रा और पलकों का न झपकाना आदि लक्षणो से युक्त हो जाता है। उसे ब्रह्मदर्शन हेतु सुखमय स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। अधिक समय तक समाधि के अभ्यास से उत्पन्न ब्रह्मरूपी अमृत पीने मे परायण संन्यासी परम हस अवधूत होता है। उसके दर्शन से जगत पवित्र हो जाता है। उसकी सेवा से अज्ञानी भी युक्त होकर अपनी एक सौ पीढ़ियो का तारण करता है। उसके माता-पिता,पत्नी और सतान सब मुक्त हो जाते है। यही उपनिषद है।

□

(कारण) है। संकल्प रहित मन मोक्ष देनेवाला होता है। मोक्ष प्राप्त करनेवाला आत्मा चक्षु आदि बाह्य प्रपंचो से सर्वथा रहित हो जाता है, वह समस्त जगत को आत्मवत देखता है। अहकार छोडकर 'मै ब्रह्म हूं' ऐसा चितन तथा 'यह सब आत्मा ही है', ऐसी भावना से वह कृतार्थ हो जाता है। (4)

योगी सभी प्रकार से परिपूर्ण तुरीयातीय ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। उसकी ब्रह्म के समान स्तुति करते है। इस प्रकार स्तुति योग्य बनकर वह सभी लोको मे संचरणशील परमात्मा रूप गगन मे विदु स्थापित करके शुद्ध अद्वैत, जडताहीन साथ ही उत्पन्न मन से रहित स्थितिवाली योग निद्रा मे अखड आनद की अनुभूति से जीवनमुक्त हो जाता है। ऐसे योगी आनद के समुद्र मे मग्न हो जाते है। इनकी अपेक्षा इद्र आदि भी कम आनदवाले हैं। इस प्रकार के आनद को परम योगी ही प्राप्त करते है। यही उपनिषद् (रहस्य की बात) है। (5)

तृतीय ब्राह्मण

महामुनि याज्ञवल्क्य ने मंडल पुरुष से पूछा, 'स्वामी ! मनहीनता का जो लक्षण आपने बताया, मै उसे भूल गया हू, अत इसे पुनः कहिए।' 'बहुत अच्छा' कहता हुआ मंडल पुरुष बोला 'यह अमनस्क (मनहीनता) स्थिति अति रहस्यमय है, यह जिसके ज्ञान से मनुष्य नित्य कृतार्थ होता है, वह शाभवी मुद्रा से युक्त है। परमात्म दृष्टि से उसके लक्षणो को देखनेवाला उसके बाद सर्वेश्वर, अप्रमेय, अजन्मा, शिव परम आकाश, निरालंबन, अद्वैत, ब्रह्मा, विष्णु एव रुद्र आदि का एकमात्र लक्ष्य तथा सबके कारण परम ब्रह्म को अपनी ही आत्मा मे देखता है। तब हृदय गुफा में उसे निश्चय जानकर भाव-अभाव आदि द्वंदो से रहित होकर मन को उन्मन (मन है ही नही) अनुभव करता है। तदनतर सभी इंद्रियों के नष्ट होने पर अमनस्क सुख के ब्रह्मानंद रूप समुद्र में मन को प्रवाहित करके योग रूपी वायु रहित स्थान पर रखे दीपक के समान अचल ब्रह्म को प्राप्त करता है। तब सूखे वृक्ष के समान मूर्छा और निद्रावाली स्थिति मे सास का चलना भी नही रहता। अत सुख-दु ख आदि द्वदो का नाश होकर सदा अचंचल शरीरवाला योगी परम शांतिमय और प्रचार शून्य होकर परमात्मा मे लीन होता है। जैसे दुही हुई गाय के थनो मे दूध नही होता, ऐसे ही सभी इद्रियों के नष्ट होने पर मन भी नष्ट हो जाता है, यही अमनस्क स्थिति है, तब मै ही नित्य शुद्ध परमात्मा हूं', ऐसी अवस्था, 'तत्त्वमसि' (तुम वही ब्रह्म हो) का उपदेश मिलने पर 'तुम ही मै हो' और 'मैं ही तुम हू', योग मार्ग के इस तारक ब्रह्म रूप के आश्रय से योगी कृतार्थ होता है। परिपूर्ण परमाकाशमय मनवाले उन्मन अवस्था को प्राप्त योगी का इद्रियगर्व छूट जाता है, तब वह अनेक जन्म के संचित पुण्यो से कैवल्य रूपी फल के पक जाने पर सभी दु ख एव पापों के नष्ट होने पर अखड आनंद से 'मै ब्रह्म हू' ऐसा अनुभव करता हुआ कृतकृत्य होता है। अत परमात्मा पूर्ण है, तुम ही मै हो, कोई भेद नही है। ऐसा कहते हुए शिष्य का आलिंगन करते हुए गुरु ने शिष्य को उपदेश दिया था।

चतुर्थ ब्राह्मण

याज्ञवल्क्य ने मडल पुरुष से कहा, कि वह पांचो आकाशों के लक्षण को विस्तार मे बताए। उसने बताया कि आकाश, पराकाश, महाकाश, सूर्याकाश और परमाकाश, ये पाच होते हैं। आकाश बाहर और भीतर से अंधकारमय है। पराकाश बाहर और भीतर से कालाग्नि के समान है। बाहर

और भीतर से अपरमित द्युति के समान तत्त्व महाकाश है। सूर्याकाश बाहर एव भीतर से सूर्य के समान है। परमाकाश अवर्णनीय ज्योतिवाला तथा असीम आनंदमय है। इस प्रकार इनमे जिसका दर्शन हो, उसी के समान रूप की प्राप्ति होती है। नौ चक्रोंवाले, छः आधारवाले तथा तीन लक्ष्योवाले, इन पाचो आकाशों को जो सम्यक रूप मे जानता है, वस्तुत. वही योंगी है।

पंचम ब्राह्मण

विषयी मन बधन कारक तथा निर्विषयी मन मुक्तिकारक होता है। अत समस्त जगत चित्त का ही विषय है, यदि चित्त निराश्रय हो, तो मन उन्मन्य अवस्था से परिपक्व होकर लय योग्य होता है। अत लय को परिपूर्ण 'मै' के प्रति अभ्यास करें। क्यों मन के लय का कारण ही 'मै' है। अनाहत शब्द के भीतर की ध्वनि के अदर ज्योति है, इस ज्योति के अंतर्गत मन है और यह मन ही तीनो लोको की उत्पत्ति, स्थिति तथा सहार का कारण है। अत· जिसमे मन लय होता है, वही विष्णु का परम पद है। इसमे मन का लय होने से पूर्ण अभेदमय शुद्ध अद्वैत तत्त्व की प्राप्ति होती है। यही परम तत्त्व है। इसका ज्ञाता बालक, उन्मत्त या पिशाच के समान ससार में जड़ जैसा आचरण करता है। इस अमस्क का अभ्यास होने से नित्य तृप्ति, मल-मूत्र की अल्पता, कम आहार, दृढ शरीर, जडता का अभाव, निद्रा और पलकों का न झपकाना आदि लक्षणों से युक्त हो जाता है। उसे ब्रह्मदर्शन हेतु सुखमय स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। अधिक समय तक समाधि के अभ्यास से उत्पन्न ब्रह्मरूपी अमृत पीने मे परायण संन्यासी परम हंस अवधूत होता है। उसके दर्शन से जगत पवित्र हो जाता है। उसकी सेवा से अज्ञानी भी युक्त होकर अपनी एक सौ पीढियो का तारण करता है। उसके माता-पिता, पत्नी और संतान सब मुक्त हो जाते हैं। यही उपनिषद है।

□

40. कौशीतकी ब्राह्मणोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठता मनो मे वाचि प्रतिष्ठम् आविराविम एधि वेदस्तन आणीस्थ श्रत मे मा प्रहासीरतेनाहोरात्रान्सदधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ।

ॐ शांति. शांति शांति ।

हे परमात्मा मेरी वाणी मन में प्रतिष्ठित हो, मेरा मन वाणी में प्रतिष्ठित हो, तुम मेरे समक्ष प्रकट होओ । मुझे वेदो का ज्ञान दो । मै सुने हुए ज्ञान को न भूलू । इस अध्ययन से मै रात-दिन एक कर दूं, मै ऋत एवं सत्य बोलू । मेरी रक्षा करो । मेरे गुरु की रक्षा करो । हम दोनो की रक्षा करो । दैहिक दैविक तथा भौतिक, तीनो प्रकार के ताप (कष्ट) शांत हों ।

प्रथम अध्याय

गर्ग ऋषि के प्रपौत्र महर्षि चित्र ने अरुण के पुत्र उद्दालक को यज्ञ में बुलाया । उद्दालक ने यहा यज्ञ करने के लिए अपने पुत्र श्वेतकेतु को भेज दिया । श्वेतकेतु यहा जाकर एक ऊचे आसन पर वैठ गए तव महर्षि चित्र ने उनसे पूछा, 'क्या इस लोक मे कोई ऐसा आवरणवाला ऊचा स्थान है, जहा मुझे स्थित करोगे ? या किसी अदभुत आवरणवाले स्थान मे स्थित करोगे ?' श्वेतकेतु बोले, 'मुझे इस विपय मे कोई ज्ञान नही है । मेरे पिता से जाकर पूछिए । तब वह स्वय पिता के पास गए और यह प्रश्न पूछा । पिता ने कहा, 'मै कैसे बताऊ ? मै भी इस विपय में नही जानता । अत वही यज्ञ सभा मे तत्त्व के अध्ययन से इस विपय को प्राप्त करेंगे । अन्य व्यक्तियो के समान चित्र से भी धन मिलेगा । अत चलते है । (1)

हाथो मे समिधा लेकर उद्दालक चित्र के पास पहुचे और बोले, 'मै यहा ज्ञान-प्राप्ति हेतु आया हू ।' इससे किसी को आश्चर्य नही हुआ । चित्र बोले, 'आप वस्तुत ब्रह्मविद्या के अधिकारी है । श्रेष्ठ होते हुए भी आप मेरे यहां आए है । मैं आपको यथार्थ ज्ञान दूगा । श्रेष्ठ कर्मों को करनेवाले लोग इस ससार से प्रयाण के वाद स्वर्ग को ही प्राप्त करते हैं । उनके प्राणों से शुक्ल पक्ष लाभान्वित होता है, किंतु कृष्ण पक्ष मे चद्रमा के स्वर्ग में रहने से यह पक्ष लाभान्वित नही होता । चद्रमा स्वर्ग लोक का प्रसिद्ध द्वार ही है । स्वर्ग से पुन गिरना ही है, ऐसा सोचकर जो निष्काम कर्मों से इसका त्याग कर देते हैं, वे ब्रह्म लोक प्राप्त करते हैं । ऐसा न करनेवाले को पुण्य नष्ट होने पर वर्षा की तरह स्वर्ग से गिरा दिया जाता है । वे यहा कीट, पतंग, पक्षी, व्याघ्र, सिंह, मछली, कुत्ता, पुरुष या किसी अन्य योनि को प्राप्त करते है । इस कर्म एव विद्यामय स्वर्ग नरक की गति को जानकर सदगुरु की शरण में जाने पर गुरु उससे पूछता है, 'तुम कौन हो ?' तो वह उत्तर दे—विलक्षण चद्रमा से उत्पन्न होकर श्रद्धा, सोम, वर्षा और अन्न के प्रभाव से उत्पन्न वीर्य जो पुरुष रूप अग्नि मे स्थित है, उसी से

उत्पन्न मुझ प्राणी को संयोग की कामना करनेवाले पुरुष मे स्थित किया है, फिर उसी पुरुष ने मेरा गर्भ में निसेचन किया। उसी से उत्पन्न हुआ मै ब्रह्म जिज्ञासा से जीवित रहा हू। अत आप मुझे अमृत्व देनेवाले ब्रह्मज्ञान के लिए दीर्घायु दें, यही विचार करते हुए मै देवताओं से भी इसके लिए प्रार्थना करता हूं। मेरे द्वारा कहे गए इसी सत्य एवं तपस्या से मै ऋत हू। यदि यह सत्य नही है, तो आप ही बताइए कि मै कौन हू ? क्या मै वही हू, जो आप है ? इस पर गुरु उसे पापों से छुडाकर मुक्त कर देता है। (2)

इस देवयजन मार्ग को प्रापत करके वह पहले अग्निलोक को जाता है। फिर क्रमश वायुलोक में, वरुणलोक मे, आदित्यलोक मे, इद्रलोक में, प्रजापतिलोक मे तथा ब्रह्मलोक मे जाता है। इस ब्रह्मलोक के प्रवेश-द्वार पर एक आर नाम का जलाशय है। कुछ ही दूरी पर येष्टिहा नामक देवता है, फिर विरजा नदी, तब इल्य नामक वृक्ष है और आगे इद्र एव प्रजापति के भवन से भी सुदर एक भवन है, जिसमें ब्रह्मा के दो द्वारपाल बाहर से रहते है, जिसमें विभुप्रमति नामक सभी मंडप है, विचक्ष नाम की वेदी है, अमितौज नाम का ब्रह्माजी का पर्यक (विस्तर) है। मानसी उनकी पत्नी है, प्रतिरूपा एव चाक्षुषी उनकी छाया मूर्ति है। अंबा और अबायत्री वहा अप्सराए है। अबया नाम की नदिया है, जो ज्ञानस्वरूप है। इस ज्ञान का ज्ञाता ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। तब ब्रह्माजी अपने सेवको से उस ब्रह्मज्ञानी को बुलाने की आज्ञा देते हुए कहते है, 'जाओ उसे मेरे यश के अनुरूप आदर से बुला लाओ। वह साधना से विराजा नदी के समीप आ गया है। वह अब कभी वृद्ध नही होगा। (3)

तब पाच सौ अप्सराएं उसे लेने के लिए दौडती है और कई सौ उसके लिए हाथो मे केसर, कुमकुम, वस्त्र आभूषण आदि लेकर उसे ब्रह्मा के अलकारो से अलकृत करती है। इस प्रकार अलकृत होकर वह पूर्वकथित जलाशय के पास जाता है और मानसिक सकल्प से ही उससे पार हो जाता है। अज्ञानी वहा जाने पर उसमे डूब जाते है। यष्टिहा के समीप पहुचने पर देवता उसके तेज के सामने ठहर नही पाते। विरजा को भी वह मन से ही तैर लेता है। उस पुण्यात्मा से द्वेष करनेवाले पाप के भागी बनते है, किंतु उससे प्रेम रखनेवालों को पुण्य मिलता है। वह रथारोही द्वारा चक्रो को देखने के समान रात्रि-दिन, सुकृत-दुष्कृत आदि को देखता भर है उनके सपर्क मे नही आता। अत ब्रह्मज्ञान से यह ब्रह्म को ही प्राप्त होता है। (4)

इसके बाद ईल्य वृक्ष के पास आने पर उसमे ब्रह्म गंध, सालज्य नगर के पास आने पर दिव्य ब्रह्म रस, अपराजित आयतन (भवन) के पास आने पर तेज ब्रह्म प्रविष्ट होता है। द्वारपाल उसके लिए मार्ग दे देते है विभुप्रमति के पास जाने पर उसमे ब्रह्मयश प्रविष्ट होता है। विचक्षणा के पास आने पर प्रज्ञा एव महत् को देखता है। अमितौजस पर्यक के पास आने पर उसे अगले पापो पर भूत एव भविष्य तथा पिछले पापों पर श्री और ईश्वरी दीखती है। बृहद रथतर मे आने पर वह राम को देखता है। भद्र एव यज्ञायज्ञीय नामक शीर्ष अमृत एव साम इसके दो पाए है। इसकी पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगी पट्टिया क्रमश ऋक-साम और यजुर्वेद की प्रतीक है। चद्रमा की रश्मिया बिस्तर है तथा उद्गीथ चादर है। उसमे ब्रह्मा बैठते है। इस तत्त्व का ज्ञाता ब्रह्मज्ञानी इस पर पावो से चढता है। तब ब्रह्मा उससे पूछते है, 'तुम कौन हो ?' तब वह कहे, 'मै उस आकाश योनि स्वयभू से उत्पन्न हुआ हू, जो इस समस्त विस्व का कारण भूत तेज है, मै उसका तेज रूप हू, मै आत्मा हूं, आप भी आत्मा है। जो आप है, वही मै हू। तब ब्रह्मा पूछते है, 'मै कौन हू ?'। (5)

तव वह कहे, 'आप साक्षात सत्य है।' ब्रह्म कहते हैं 'सत्य यथार्थ में क्या है?' दिव्यता एवं प्राण से भिन्न अदभुत सत्य है। वही सत है, दिव्यता है और प्राण सत्य है। वाणी जिस शब्द को सत्य कहती है, वह इन सबका संयोग है। जो सब कुछ है वही, सत्य है। आप में भी सब कुछ निहित होने के कारण आप सत्य हैं। (यहा से आगे प्रश्नकर्ता ब्रह्मा हैं और उत्तरदाता ब्रह्मवेत्ता हैं) पुंलिग से किसका वोध होता है —'प्राण का।' स्त्रीलिग से —'वाणी का।' नपुंसक लिंग से? —'मन का।' गध किसके द्वारा ग्राह्य है? —'घ्राण से।' रूप किसके द्वारा? —'चक्षु से।' शब्द? —'श्रोत्र से।' रस?— 'जिह्वा से।' कर्म? —'हाथों से।' सुख-दु ख? —'शरीर से।' आनद रति की प्राप्ति? —'जननेंद्रिय से।' चलना?—'पांवों से।' ज्ञान किसके द्वारा?—'प्रजा से।' तव ब्रह्मा कहते है 'यह मेरा लोक तुम्हारा है।'

द्वितीय अध्याय

कौषीतकि ऋषि कहते है कि प्राण ही ब्रह्म है। इस प्राण ब्रह्म का मन दूत है, वाणी परिवेष्ट्री, चक्षु रक्षक है और श्रोत्र संदेश सुनानेवाले है। इस प्राण के, मन को, चक्षु को तथा वाणी को जानता है, वह दूतोवाला, रक्षकोंवाला संदेश पाठक वाला तथा परिवेष्ट्रीवाला होता है। समस्त इद्रिया इसे देवताओं द्वारा विना मांगे ही भेंट स्वरूप प्रदान की है। इस रहस्य के ज्ञाता को समस्त प्राणियो की भेंट विना मागे ही प्राप्त होती है। जैसे गाव से भिक्षा न मिलने पर याचक प्रण कर लेता है कि भिक्षा मागकर कभी न खाऊगा, वैसे ही प्राण का उपासक किसी प्रकार की याचना न करे। इसका वह दृढता से पालन करे। याचक मे दीनता होती है। इसलिए उसे भिक्षा दी जाती है (किंतु प्राण को याचक विना मांगे ही सब कुछ पा जाता है) ।(1)

महर्षि पैंगप्रस्त ने भी प्राण को ब्रह्म कहा है। इस प्राण ब्रह्म के वाणी से परे चक्षु आदि इद्रिया हैं, चक्षु ने वाणी को चारों ओर से व्याप्त किया है। चक्षु से परे श्रोत्र हैं, इसने चारों ओर से चक्षु को व्याप्त किया हैं। इसी प्रकार फिर मन है, जो चक्षु को व्याप्त करता है। फिर प्राण है, जो मन को चारो ओर से व्याप्त करता है। देवता इस प्राण ब्रह्म को विना याचना किए वलि (भेंट) प्रदान करते है। इस तथ्य के ज्ञाता (उपयुक्त की तरह) यह मानते हैं कि गांव में मांगने पर भी भिक्षा न मिलने पर जैसे याचक पुन भीख न मांगने की प्रतिज्ञा करता है, वे भी किसी से कुछ नही मागेंगे। (2)

इस प्रकार धन की प्राप्ति न होने पर यह अनुष्ठान करे—अमावस्या, पूर्णिमा अथवा किसी शुद्ध तिथि को पुष्य नक्षत्र मे धन का इच्छुक अग्नि-स्थापना करके परि समूह न करके अभिमंत्रित जल में कुशों का अभिषेचन करके इस प्रकार घृत की आहुति दे। अभीष्ट देने वाली वाणी देवी मुझे रुके हुए धन को दे। उसके लिए यह आहुति है (तस्यै स्वाहा)। अभीष्ट सिद्धि में समर्थ प्राण देवता मुझ उपासक को धन प्रदान करें। उसके लिए यह आहुति है। (इसी प्रकार चक्षु, श्रोत्र, मन एव प्रजा देवताओं को भी प्रार्थना करते हुए आहुति दी जाती है।) फिर धूप गध को सूघकर शरीर में घृत का लेप करके मौन रहकर धनवाले के पास जाकर प्रार्थना करने से धन की प्राप्ति होती है। धनिक यदि दूर होता है, तो दूत से बुलवा लेता है। (3)

अभीष्ट सिद्धि हेतु किसी का प्रिय बनने के लिए साधक उपर्युक्त विधि से अग्नि स्थापन आदि करके घृताहुति देता हुआ इस प्रकार प्रार्थना करे—यह मै तुम्हारी वाणी को अपने में हवन करता हू, तस्यै स्वाहा। तुम्हारे प्राण को अपने मे हवन करता हू,तस्यै स्वाहा। इस प्रकार नेत्रों को,मन को एव प्रज्ञा को आहुति देने के बाद पूर्वोक्त प्रकार से धूप गध सूघकर घी का लेप कर मौन होकर अभीष्ट व्यक्ति के पास जाकर इसी प्रकार मन में विचार करता हुआ खडा हो। इस प्रकार वह उस व्यक्ति का प्रिय तो होता ही है,साथ ही उसके वहा से चले जाने पर अन्य व्यक्ति भी उसे याद करते है। (4)

अब प्रतर्दन के 'सायमन्न अग्निहोत्र अनुष्ठान के' विपय में कहा जाता है। मनुष्य वोलते समय पूरी तरह श्वास नही ले पाता,अत उस समय वाणी का प्राण मे हवन होता। ये वाणी एव प्राण रूप अनत और अमर आहुतिया प्राणी द्वारा सोते-जागते हवन होती रहती है,जवकि अन्य आहुतिया कर्म से हवन होती है। इस प्राचीन ज्ञान का विद्वान केवल कर्ममयी आहुतिया नही देता। (5)

शुष्कभृगा भी प्राणों को ब्रह्म मानते है। प्राण को ऋक मानकर उपासना करने से श्रेष्ठ वनने के इच्छुक लोग उस ज्ञानी की पूजा करते है। इसे यजुष मानकर उपासना करने से प्राणी (जो श्रेष्ठ बनना चाहते हैं) उससे सहयोग करते है। इसकी श्री मानकर उपासना करने से,यश-रूप में तथा तेज-रूप मे उपासना करने से क्रमश शास्त्रों की श्रीमत्ता,श्रष्ठ यश एव तेज प्राप्त होता है। इसका ज्ञाता विद्वान सभी प्राणियों में श्री,यश एवं तेज से सपन्न होता है। ईटो की वनी वेदी पर प्राण-रूप अग्नि आत्म स्वरूप है। अध्वर्यु इसका सस्कार करता है। तभी वह प्राणों मे यजुर्वेद से सिद्ध होनेवाले कार्यो की तथा यजुर्वेद से सिद्ध होनेवाले कार्यों में ऋग्वैदिक विधि से सिद्ध होनेवाले कार्यो की और इनमें सामवेद से सिद्ध होने वाले कार्यो की वृद्धि करता है। इन तीनों वेदों की विद्या का अध्वर्यु प्राण है,जो इसका आत्मा कहा जाता है। इसका ज्ञाता प्राणी स्वयं इस आत्मा के समान हो जाता है। (6)

कौषीतकि के द्वारा तीन उपासनाए बतलायी गई है,यज्ञोपवीत को स्पर्श करके आचमन करे। फिर तीन बार पात्र भरकर सूर्य को अर्घ्य देते हुए कहे—'ससार का तिनके के समान त्याग कर देने से सूर्य देवता । आप वर्ग कहे जाते है। आप मेरे पापो को नष्ट करें।' इसी प्रकार मध्याह्न मे कहे ' हे सूर्य देवता । आप उदवर्ग है। मेरे पापों को नष्ट करें।' सायकाल अस्त होते हुए सूर्य से इसी प्रकार प्रार्थना करें—हे सूर्य देव । आप संवर्ग कहलाते है। मेरे पापों को दूर करें। इस उपासना से वह रात या दिन में कभी पाप नही करता। (7)

प्रत्येक महीने अमावस्या का चद्रमा की सूर्य के पश्चिम में उपस्थिति होती है। तब उपर्युक्त विधि से सूर्य की पूजा करे। जलयुक्त अर्घ्यपात्र मे हरी दूब रखे। फिर निवेदन करे,'हे चद्र-मडल की देवी सुंदर भावोंवाला तुम्हारा हृदय चद्र-मंडल में विराजमान है। तुम अमृतपद की अधिकारिणी हो,मुझे पुत्रलोक में रोना न पडे।' इससे उपासक का पुत्र उससे पहले नही मरता। पुत्रहीन इसी पूजा को करता हुआ यह स्तुति करे—'स्त्री रूप चंद्रमा । तुम पुरुष रूप तेज को प्राप्त कर वृद्धि प्राप्त करो। उत्पत्ति का कारक तेज तुममे स्थित हो। तुम अन्न देनेवाले हो। हे सौम्य । गुणोवाले चद्र । तुम्हारा रस पुष्पो का उपकारी,शत्रुजयी एव शक्तिप्रद है। अन्न-जल पर जीवन-यापन करनेवालो को यह सुलभ है। तुम तेज से हमे यश दो। स्वर्ग में यश को प्रतिष्ठित करो। जिस नारी रूपी चद्र

को बारह आदित्य आनदित करते है वह चद्र तथा अक्षय बलवाला वृहस्पति हमे बलवान बनाए। हे चद्रमा । हमारे जीवन,प्रजा तथा पशुओ से अपनी भूख शात न करो। हमारे वैरी के जीवन,सतान तथा पशुओ से तृप्त होओ। मै इस मत्र के देवता (सूर्य) का तथा तुम्हारा अनुगमन करनेवाला हू। (8)

पूर्णिमा के दिन जब सामने चंद्रमा दिखाई दे,तो पूर्व विधि से चंद्रमा का उपस्थापन करके यह प्रार्थना करे—'हे सोम । तुम राजा हो, विलक्षण पाच मुखोवाले हो, और प्रजापति हो। ब्राह्मण अपने एक ही मुख से क्षत्रियो को तथा क्षत्रिय वैश्य को अपने एक ही मुख से जागृत करते है। यह ब्राह्मण एव क्षत्रिय तुम्हारा एक-एक मुख है। अपने इस मुख से तुम मुझे अन्न भक्षण की एव पाचन-शक्ति दो। श्येन (बाज) और अग्नि भी तुम्हारे एक-एक मुख है, जिनके द्वारा तुम क्रमश पक्षियो तथा समस्त अग्नियो का भक्षण करते हो। इन मुखो से मुझे भक्षण एव पाचन शक्ति दो। पाचवा मुख समस्त जीवों का भक्षण करता है। इससे तुम मुझे अन्न (पूर्ववत) मेरे प्राण, सतान एव पशु किसी का नाश न हो। मेरे शत्रुओ के प्राण सतान तथा पशु नष्ट करो। मै मत्र के देवता का तथा तुम्हारा अनुगामी हू।' इस प्रकार सोम का पूजन करने के बाद पत्नी के पास बैठकर उसके हदय को स्पर्श करता हुआ कहे, 'हे श्रेष्ठ मार्ग का अनुसरण करने वाली तुम सोम रूपा हो और तुम्हारा हदय संतानों का पोषण करनेवाला है। इसमे स्थित अमृत रूप प्रजापति को मै जानता हू। यह सत्य है। अत मुझे कभी पुत्रशोक न हो। इस प्रकार साधक की सतान उससे पूर्व कभी नही मरती। (9-10)

प्रवास से लौटा पिता पुत्र के माथे को सूघकर कहता है, 'तुम अपने अगो एव शरीर सहित मेरे हदय मे प्रकट होते हो। पुत्र अपना ही रूप होता है। तुम सौ वर्ष तक जिओ। वश-परपरा को छिन्न मत करो। पुन सौ वर्ष जीवित रहो,मै तुम्हारा माथा सूघता हू।' फिर माथा सूघे। जैसे गाय बछडे के लिए रंभाती है,वैसे ही मै भी तुम्हे पुकारता हू। (मै तुमसे अत्यधिक स्नेह रखता हू) (11)

देव परिसर का वर्णन—अग्नि के जलने पर यह ब्रह्म प्रकाशित होता है। अग्नि के बुझ जाने पर यह तेज आदित्य मे चला जाता है और इसी से ब्रह्म ही दीपित होता है। सूर्यास्त होने पर यह तेज चंद्रमा मे और प्राण वायु मे चला जाता है। तब इसी से ब्रह्म प्रकाशित होता है। चद्रमा के न रहने पर यह विद्युत मे, विद्युत के न रहने पर वायु मे और प्राण भी वायु मे चले जाते है। ये समस्त देवता वायु मे प्रविष्ट होकर तृप्त होते है और कभी निस्तेज नही होते। यहा से इनकी पुन उत्पत्ति. कही गई है कि यह अधिदैवत है। अध्यात्म इस प्रकार है। (12)

मनुष्य जो वाणी बोलता है, यह ब्रह्म ही प्रकाशित होता है। इसकी मृत्यु पर यह तेज चक्षु मे चला जाता है और प्राण,प्राण मे चले जाते है। चक्षु से देखना भी ब्रह्म रूप है। चक्षु के मरने पर जब यह नही देखते तब इनका तेज कानो को प्राप्त हो जाता है और प्राण प्राण को। कानों से सुनना भी ब्रह्म का प्रकाशन है। कानों की मृत्यु पर जब ये सुन नही पाते, तो इनका तेज मन को प्राप्त हो जाता है। मन से होनेवाला ध्यान भी ब्रह्म रूप ही है। मन के मरने पर ध्यान नहीं होता, तब इसका तेज प्राण को ही प्राप्त हो जाता है। अत ये समस्त देवता प्राणों में प्रविष्ट होकर तृप्त होते हैं और मूर्च्छित नही होते। यहा से इनका पुन आविर्भाव होता है। इस ज्ञान के ज्ञाता की आज्ञा को पर्वत भी अवहेलना नही कर सकते। उससे द्वेष करनेवाले सर्वथा नष्ट हो जाते है।(13)

अहंकार से अपने-अपने को श्रेष्ठ सिद्ध करते हुए देवता (इद्रिया) परस्पर विवाद करके शरीर से निकल गए। शरीर मृत हो गया। वाद में इन इद्रियों ने देह में प्रवेश किया, तो शरीर देखने, विचारने, सुनने तो लगा, किंतु प्राणों के अभाव में उठने और कार्य करने में समर्थ न हो सका। प्राणों के प्रवेश करने पर वह उठ पड़ा, अत इन सवने प्राणों को श्रेष्ठ स्वीकार किया। और उसके साथ वायु से प्रतिष्ठित होकर आकाश रूपी स्वर्ग को प्रस्थान किया। अतः जो विद्वान सभी प्राणियो में प्राण ही प्रज्ञा और आत्मा है, ऐसा मानकर इसकी श्रेष्ठता को जानता है, इस वह शरीर को छोडने पर वायु पर होकर आकाश रूपी स्वर्ग में जाता है और वहां रहनेवाले देवताओ के समान अमर हो जाता है। (14)

जव पिता को अपने अतकाल की समीपता प्रतीत होने लगती है, तो वह उसे अपना ज्ञान देना चाहता है। इससे पूर्व घर को नए तृणों से छप्पर डालकर अग्नि जलाकर पात्र सहित कुभ को रखकर वस्त्र से उसे ढककर पुत्र को वुलाकर अपनी समस्त प्राणशक्ति उसमें प्रतिष्ठित करता है। पुत्र के सभी अंगों को स्पर्श करता हुआ वह कहता है, 'मैं अपनी वाणी तुममें स्थापित करता हू।' तब पुत्र कहता है, 'आप अपनी वाणी मुझ मे स्थापित कीजिए।' फिर पिता कहता है, 'मै अपने चक्षु तुम मे स्थापित करता हू,' और पुत्र कहता है, 'आप अपने चक्षु मुझमें स्थापित कीजिए।' इस प्रकार पिता एक-एक करके अपनी प्राण, घ्राण, श्रोत्र, रस, अन्न, कर्म, सुख-दुःख, प्रजननशक्ति, गति प्रज्ञा आदि को कहता हुआ पुत्र में स्थापित करता है और पुत्र स्वीकार करता जाता है। ऐसा करने से पिता को स्वर्ग प्राप्ति होती है। इसके वाद यदि पिता जीवित रहे, तो पुत्र के आश्रय में रहे। अथवा सन्यासी बन जाए। इससे पुत्र को पिता की सारी शक्तिया प्राप्त होती है और वह वास्तविक उत्तराधिकारी वनता है। (15)

तृतीय अध्याय

राजा प्रतर्दन इंद्र के धाम स्वर्ग में गए। युद्ध में उनके पौरुष से प्रसन्न होकर इद्र ने उनसे कहा, 'मैं तुम्हे क्या वर दूं'? प्रतर्दन बोले, 'जिसे आप मनुष्य के लिए कल्याणकार समझते है, मुझे वही वर दीजिए।' इद्र—'वर अन्यों के लिए नही मागा जाता, आप अपने लिए मागिए।' प्रतर्दन—'तब अपने लिए मागने को मेरे पास कुछ नही है।' इंद्र भी अड़ गए, क्योंकि इद्र सत्य रूप है और बोले, 'प्रतर्दन। आप मुझे जानिए। मुझे भली भांति जानना ही मानव के लिए कल्याणकारक है। मैने प्रजापति त्वष्ट्रा के पुत्र का वध किया। आचरणहीन यतियों को काटकर भेडियों को दे डाला। प्रह्लाद के पालक राक्षस को मार, पृथ्वी में पुलोमासुर तथा कालाश्य दैत्य को नष्ट किया। जो मुझे जानता हैद्व उसके मावन-वध, पितृ-हत्या, स्तेय (चोरी), भ्रूण हिंसा आदि जन्य पाप नष्ट होते है। किसी भी कार्य में उसका मुख नीला नही होता (उसे किसी भी कार्य मे असफलता नही मिलती)।(1)

मै प्राण रूप हूं। मुझे प्राण (प्राण ही आयु है), आयु एवं अमृत मानक उपासना करो। प्राण रहने तक ही आयु रहती है। मुझे जानकर प्राणी को अमृत्व मिलता है। मै प्रज्ञा हूं। सत्य-असत्य का निर्णय प्रज्ञा से होता है। मुझे इस रूप में अमृतमय मानने पर पूर्ण आयु के बाद स्वर्ग मे अनन्त

अमरता का आनंद प्राप्त होता है। कुछों का मत है कि सब प्राण एक भाववाले होते है। कोई भी कानों से सुनने; नेत्रों से देखने तथा मन से विचार करने मे एक साथ समर्थ नही है। अत सब प्राण एक भाववाले हैं। प्रत्येक विषय की अनुभूति अलग-अलग समय में होती है। मन के विचार करने पर या कान के सुनने पर अन्य प्राण (प्राण अपान आदि) उसके साथ हो जाते है। मुख्य प्राण के कार्य में अन्य प्राण वर्ग सहयोगी बनता है। समस्त प्राण एक ही है। पांचों प्राण (प्राण अपान, व्यान, उदान और समान) वस्तुत अत्यंत कल्याणमय है। (2)

यह सब प्रत्यक्ष उदाहरण है कि प्राण रहने पर ही मनुष्य आदि प्राणी जीवितं रहते है। गूंगा भी जीवित रहता है, नेत्रहीन, बहरे, मनहीन बालक, अगहीन सभी जीवित रहते है, किंतु प्राणहीन जीवित नही रहता। अत प्राण ही उपासना करने योग्य है। प्राण ही प्रज्ञा (बुद्धि) है, प्रज्ञा ही प्राण है। अतः दोनों शरीर में एक साथ रहते है और साथ ही बाहर निकलते है। अत. इसी दृष्टि से इन्हे जाने। प्राणी के प्राण के साथ एकाकार हो जाने पर वह सुषुप्तावस्था मे भी स्वप्न नही देखता। तब सभी प्राणी नाम के, शब्द वाणी के, रूप चक्षु के, शब्द श्रोत्र के, चितन मन के साथ (सभी इंद्रिया अपने विषयो के साथ) मुख्य प्राण मे लीन हो जाते है। प्रज्वलित अग्नि की चिनगारियो के समान वाणी आदि सभी जागने पर अपने-अपने स्थानों को ग्रहण कर लेते है। फिर उनमे अग्नि आदि विभिन्न विषयो के प्रकट होने का कारण बनते है। इसकी सिद्धि इस प्रकार समझनी चाहिए। जब मनुष्य किसी कारण से मरने लगता है, तो उस समय वह शक्ति एव चेतना से रहित होने पर किसी परिचित को नही पहचान सकता। उस समय के विषय मे कहा जाता है कि वह तब न कुछ कहता है, न सुनता है, न देखता है और न चिंतन ही करता है, प्राणों में लीन मात्र हो जाता है। उस समय नाम, रूप आदि सब प्राणों मे लीन हो जाते है। पुन. जन्म लेने पर अग्नि से निकलनेवाली चिगारियो के समान प्राण रूप आत्मा के प्राण, अपान आदि पांचों प्राण अपना-अपना स्थान प्राप्त कर लेते है। उनके अधिष्ठाता देवता और लोक आदि भी प्रकट हो जाते है ।(3)

प्राण हमारे शरीरों से इद्रियों सहित उत्क्रमण करता है। तब वाणी सब नामों को, घ्राणेंद्रिय गधो को, नेत्र रूपो को, श्रोत्र शब्दों को तथा मन चिंतनीय विषयो को त्याग देते है। इस प्रकार प्राण मे सभी इंद्रिया समर्पित हो जाती है और अपने-अपने विषयो का परित्याग कर देती है। अत प्राण ही प्रज्ञा है, प्रज्ञा ही प्राण है। दोनों साथ ही देह में निवास करते है और साथ ही उत्क्रमण भी करते है। प्रज्ञा में समस्त-समस्त भूतो के एकीकरण की व्याख्या इस प्रकार है। (4)

वाणी इसकी (प्रज्ञा की) एक अंग है और इसका विषय 'नाम' है, जो इद्रियों का अश है। एक अग की पूर्ति नासिका करती है, जिसका विषय गंध है, जो भूतों (इद्रियों) का एक अश है। इसी प्रकार नेत्र, श्रोत्र, जिह्वा, हाथ, देह, उपस्थ एव पाव ने भी प्रज्ञा के एक-एक अग की पूर्ति की है, जिनके विषय क्रमश रूप, शब्द, रस, आदान, सुख-दुख, रति-प्रजनन एव चलना है। प्रज्ञा के एक अग की पूर्ति स्वयं प्रज्ञा ने की है, जिसके वाह्य विषय बुद्धि से अनुभूत वस्तुएं-कामनाए हैं। (5)

प्रज्ञा द्वारा मनुष्य वाणी पर अधिकार रखकर नामों को प्राप्त करता है। इसी प्रकार घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, जिह्वा, हाथ, शरीर, उपस्थ, पाव आदि पर अधिकार रखकर क्रमश गंध, रूप, शब्द, रस, आदान, सुख-दुख, रति-प्रजनन, गमन (चलना) आदि पर अधिकारकरता है या उन्हे ग्रहण करता है। (6)

प्रज्ञाहीन वाणी किसी नाम का बोध नही करा सकती । प्रज्ञा के साथ न देने पर व्यक्ति कहता है कि उसका मन कही अन्य जगह था, अत वह इसे नहीं समझ पाया । इसी प्रकार प्रज्ञा से हीन होने पर घ्राण, श्रोत्र, नेत्र, जिह्वा, हाथ, देह, उपस्थ, पांव और मन क्रमश सूघना, सुनना, देखना, रस-ग्रहण, आदान, सुख-दु ख, रति-प्रजनन, गमन, मनन आदि का बोध नही होता या इन विषयो का ज्ञान नही रहता है । (7)

वाणी को नही, अपितु वक्ता को (आत्मा को) जानना चाहिए । गध को नही, अपितु गध ग्रहण करने वाले आत्मा को जानना चाहिए । इसी प्रकार रूप, शब्द, रस, आदान, सुख-दु ख, रति-प्रजनन, गमन तथा मन को नही, अपितु इनको ग्रहण करनेवाले अथवा इनको लिए प्रेरित करनेवाले आत्मा को जानना चाहिए । प्रज्ञा मे नाम, रूप आदि दस भूत मात्राएं (विषय) तथा इन भूतो मे वाणी, चक्षु आदि दस इद्रियं प्रज्ञा मात्राए है । भूत मात्राओ के न होने पर प्रज्ञा मात्राओ का तथा प्रज्ञा मात्राओ के न होने पर भूत मात्राओ का अस्तित्व सभव नही है । (8)

प्रज्ञा मात्राओ तथा भूत मात्राओ के स्वरूप मे कोई भी अतर नही है । जैसे रथ के नेति तथा अर नाभि मे आश्रित रहते है, वैसे ही, भूत मात्राएं प्रज्ञा मात्राओ मे तथा प्रज्ञा मात्राएं प्राण पर आश्रित है । प्राण ही अजर, अमर आनदमय और प्रज्ञात्मा है । यह श्रेष्ठ कर्मो से बडा या निम्न कर्मो से छोटा नही होता है । प्रज्ञा एव प्राणरूप परमेश्वर ही श्रेष्ठ कर्मो से मनुष्य को श्रेष्ठ लोको मे तथा दुष्ट कर्मो से निम्न लोको मे भेजता है । यह लोकपाल, लोकाधिपति, सर्वेश्वर है । इस प्रकार के गुणो से युक्त प्राण ही आत्मा है । (9)

चतुर्थ अध्याय

वेदों एव शास्त्रो के पारगत बालकि, गार्ग्य, उषीनर, मत्स्य, कुरु पांचाल, काशी, विदेह आदि देशो मे भ्रमण करते हुए काशी नरेश अजातशत्रु के पास पहुचे और बोले, 'मै तुम्हे बह्मज्ञान का उपदेश दूगा ।' तब अजातशत्रु बोले, 'इसके लिए मै आपको एक हजार गाये दूगा । आजकल तो ऐसे विषय के लिए हर एक वाणी में केवल जनक का ही नाम है । सब उन्ही के पास दौड़ते है ।' (1)

गार्ग्य बोले, 'मै आदित्य में स्थित पुरुष की ही उपासना करता हूं ।' अजातशत्रु बोले, 'आप इस विषय में न बोले । यह पांडु वस्त्रों मे अधिष्ठित निश्चय ही महान हैं । यह सब प्राणियो में श्रेष्ठ है । में भी इसकी उपासना करता हू । इसकी उपासना करनेवाला सभी प्राणियों से श्रेष्ठ बनता है' । (2)

गार्ग्य बोले, 'मै चंद्रमंडल मे स्थित पुरुष रूप ब्रह्म की उपासना करता हू ।' इस पर अजातशत्रु बोले, 'यह चद्रमा सबका राजा है । यही अन्न का प्राण है । मे इसकी वैसी ही उपासना करता हू । ब्रह्म रूप मे इसकी उपासना करनेवाला अन्न का आत्मा बन जाता है ।' (3)

पुन गार्ग्य बोले, 'मै विद्युतमडल स्थित पुरुष की ब्रह्म रूप मे उपासना करता हू ।' तब अजातशत्रु ने कहा, 'इस विषय में भी आप कुछ न कहें । इस तेज की मै भी आत्मा के रूप में उपासना करता हूं । इस प्रकार से इसकी उपासना करनेवाला तेज का आत्मा हो जाता है ।' (4)

गार्ग्य—'मै मेघमंडल स्थित अंतर्यामी परमेश्वर की ब्रह्म रूप में उपासना करता हूं।' अजातशत्रु—'आप इस संबंध में भी कुछ न बोलें। मै भी आत्मा मानकर इसकी उपासना करता हूं। इसको शब्द का आत्मा मानकर उपासना करनेवाला भी शब्द रूप आत्मा ही बन जाता है।' (5)

गार्ग्य—'मै आकाश में स्थित पुरुष का उपासक हूं।' अजातशत्रु, 'आप इस पर भी कुछ न बोलें। मै इसे प्रकृति शून्य पूर्ण ब्रह्म मानकर उपासना करता हूं। इसकी इस भावना से उपासना करनेवाला सतान एवं पशुओ से युक्त होता है तथा उसकी संतान की अकाल मृत्यु नही होती।'(6)

गार्ग्य—'मै वायुमडलस्थ पुरुष का उपासक हूं।' अजातशत्रु—'आप इस विषय मे कुछ न कहें (संवाद सख्या 17 तक अजातशत्रु के हर कथन मे यह अंश है, अत इसे वहा तक सम्मिलित माने) यही इंद्र है, यही बैकुठ है और यही अपराजिता है। मै इसी भावना से इसका उपासक हू। इसकी इस भावना का उपासक अपराजित तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाला होता है।' (7)

गार्ग्य—'मै अग्नि में स्थित पुरुष का उपासक हूं।' अजातशत्रु—' यह विपाहहि है। मैं इसी भाव से इसका उपासक हू। इस प्रकार का उपासक दूसरो के आक्रमण को नही सह पाता।'(8)

गार्ग्य—'मै वारि मडल स्थित पुरुष का उपासक हूं।' अजातशत्रु— वह नामधारी जीवो का आत्मा है। मै ऐसा मानकर ही इसकी उपासना करता हूं। ऐसा उपासक नामधारी प्राणी मात्र का आत्मा हो जाता है।' यह अधिदैविक उपासना है। अब आध्यात्मिक उपासना है (9) –

गार्ग्य—'इस दर्पण में स्थित पुरुष की मै ब्रह्म भाव से उपासना करता हू।' अजातशत्रु—' मै इसकी प्रतिरूप भावना से उपासना करता हूं। इस भाव से इसकी उपासना करनेवाला उपासक प्रतिरूप गुण सपन्न होता है। उसकी संतान भी उसकी प्रतिरूप होती है।' (10)

गार्ग्य—'मै प्रतिध्वनि में स्थित पुरुषक रूप ब्रह्म की उपासना करता हू।' अजातशत्रु—'_ मै इसे द्वितीय अनपग मानकर इसकी उपासना करता हूं। इसकी इस भाव मे उपासना करनेवाला स्वय द्वितीय को प्राप्त करता है।' (11)

गार्ग्य—'मै पग-ध्वनि की ब्रह्मरूप में उपासना करता हू।' अजातशत्रु—' मैं उसकी प्राणरूप मे उपासना करता हूं। इसकी इम भाव से उपासना करनेवाला तथा उमकी सतान पूर्ण आयु प्राप्त करते हैं।' (12)

गार्ग्य—'मैं मनुष्य के पीछे चलनेवाली छाया की ब्रह्मरूप में उपासना करता हू।' अजातशत्रु—' यह छाया मृत्यु रूप है। मै इसकी इसी रूप में उपामना करता हू। इमकी इस रूप में उपासना करनेवाला मनुष्य नथा उसकी मतति अकाल मृत्यु नही मरते हैं'। (13)

गार्ग्य—'मै इस शरीर पुरुप की उपामना करता हू।' अजातशत्रु—' मैं प्रजापति रूप मे इसकी उपासना करता हू। जो इसकी इस रूप में उपामना करता है, वह प्रजाओं एव पशुओ मे संपन्न होता है।' (14)

गार्ग्य—'मै इस प्राज्ञ आत्मा की, जिसमें संयुक्त पुरुष सुषुप्तावस्था में ाचरण करता है, उपासना करता हू।' अजातशत्रु—' यह यम या राजा है। मै इसी रूप में इसकी उपासना करता हूं। जो इसकी इस रूप मे उपासना करता है, वह श्रेष्ठ बनता है, समस्त विश्व उसके सामने नत हो जाता है।' (15)

गार्ग्य—'मै दक्षिण नेत्र स्थित पुरुष की उपासना करता हू।' अजातशत्रु—'_मै इसकी नाम-आत्मा, अग्नि-आत्मा तथा ज्योति आत्मा के रूप मे उपासना करता हू। इस भावना से इसकी उपासना करनेवाला सबका आत्म रूप हो जाता है।' (16)

गार्ग्य—'मै इसकी बाए नेत्र मे स्थित पुरुष के रूप में उपासना करता हू।' अजातशत्रु—'_यह सत्य आत्मा, विद्युत आत्मा और तेजस आत्मा है। मै इसी रूप मे इसकी उपासना करता हूं। जो इसकी इस भाव से उपासना करता है, वह इन सभी का आत्मा हो जाता है।' (17)

तब गार्ग्य चुप हो गए। इस पर अजातशत्रु बोले, 'क्या आपका ज्ञान इतना ही है' ? गार्ग्य ने हामी भरी। अजातशत्रु पुन बोला, 'तब आपने ब्रह्मज्ञान देने की बात व्यर्थ ही की। वस्तुत आपके द्वारा कथित इन सब पुरुषो का कर्ता ही जानने योग्य है।' तब गार्ग्य समिधा लेकर अजातशत्रु के पास गए (समिधा लेकर किसी के पास जाना, उसे गुरु रूप मे स्वीकार करना सूचित करता है) और बोले, 'मै आपको गुरु के रूप में स्वीकार करने आया हू।' अजातशत्रु ने कहा, 'ब्राह्मण द्वारा क्षत्रिय का गुरु रूप मे वरण करना सामाजिक नियमो के प्रतिकूल होगा। आप मेरे साथ चले। मै आपको इस ज्ञान की प्राप्ति कराऊगा।' इतना कहकर वह गार्ग्य का हाथ पकडकर एक सोते हुए व्यक्ति के घर ले गए। राजा ने 'हे वृहन ! हे पाडरवास !' कहते हुए उसे जगाना चाहा, किंतु वह न जागा। तब राजा ने उसे छडी से पीटा। इस पर वह तत्काल जागकर खडा हो गया। राजा ने गार्ग्य से कहा, 'गार्ग्य ! यह व्यक्ति चेतना से हीन होकर कहा सो रहा था और जागकर अब कहा से आया है ?' गार्ग्य इसका उत्तर न दे पाए। (18)

राजा अजातशत्रु उन्हे बताने लगे, 'जहां वह सोया था और जागकर जहा से आया, वह स्थान इस प्रकार है—हृदय कमल से हिता नाम की अनेको नाड़ियां समस्त शरीर मे व्याप्त है। ये बाल के हजारवे भाग के समान पतली है। इनका रग श्वेत, पिगल, लोहित, काला अनेक प्रकार का है। सुप्तावस्था मे जब मनुष्य कोई भी स्वप्न देखता है, तो इन्ही मे रहता है। इसी अवस्था मे जब मनुष्य स्वप्न नही देखता, तब प्राण मे लीन हो जाता है। तब वाणी अपने विषय रूप समस्त नामो के सहित, नेत्र रूपो के सहित, श्रोत्र सभी शब्दो के सहित और मन सभी चिंतनीय विषयों के सहित प्राण मे स्थित हो जाते है। मनुष्य के जागने पर अग्नि से निकली चिनगारियो के समान सभी इंद्रिया अपने-अपने स्थानों पर चली जाती है और अपने-अपने अधिदेवताओ के साथ प्रकट होकर अपने विषयो को प्रकट करते है। डिब्बे मे रखे छुरे के समान अगुष्ठ मात्र पुरुष के रूप मे हृदय मे परमात्मा रहता है। यह प्राज्ञ आत्मा सारे शरीर में नखों से लेकर लोकों तक सर्वत्र विद्यमान रहता है। (19)

जैसे किसी सेठ के सेवक उसी के साथ धन का भोग करते है तथा उसी के अनुगामी होते है, वैसे ही सभी इंद्रियां देह में आत्मा के साथ भोग करती हैं तथा उसी की अनुगामिनी होती है। ये

परस्पर एक-दूसरे का भोग करते है । इंद्र ने जब तक इस आत्मा को नही जाना, तब तक असुर इसे पराजित करते रहते थे, परंतु जब उसने आत्मा को जान लिया, तब उसने असुरो को मार डाला और जीतकर सभी देवताओं में श्रेष्ठ होकर स्वर्ग का राज्य आधिपत्य प्राप्त किया । विद्वान मनुष्य इसी प्रकार प्राणियो मे श्रेष्ठ बनकर स्वर्ग का आधिपत्य प्राप्त करता है । इसके ज्ञाता को भी यही फल प्राप्त होता है । (20)

□

41. जाबालदर्शनोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ अध्यायंतु ममांगानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बालमिंद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकरोद निराकरण मस्त्वनिराकरर्ण मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि संतु ।

ॐ शांति शांति शांति. ।

मेरे समस्त अंग, वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इंद्रियां तथा बल पुष्ट हों । यह उपनिषद् ब्रह्म स्वरूप जानने योग्य है । मैं ब्रह्म का निराकरण न करूं, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे; हमारा परस्पर अनिराकरण हो । उपनिषदों का धर्म आत्मज्ञान में निरत मुझमें व्याप्त हो । दैहिक (शारीरिक), दैवीय और भौतिक (प्राणियों द्वारा होनेवाला) तीनो प्रकार के ताप कष्ट शांत हों ।

प्रथम खंड

भूत भावन भगवान चतुर्भुज महाविष्णु ने योगियों के साम्राज्य को दीक्षित करनेवाले महायोगी दत्तात्रेय के रूप में अवतार लिया था । एक बार मुनियों में श्रेष्ठ गुरुभक्त साकृति नाम के उनके शिष्य ने अत्यंत विनम्रता के साथ अंजलि बाधकर एकांत में उनसे पूछा, 'भगवन । कृपया समस्त प्रपच सहित आठ अंगोंवाले योग के विषय मे मुझे सब कुछ बताइए, जिसके ज्ञानमात्र से मैं जीवनमुक्त हो जाऊ ।' इस पर दत्तात्रेय बोले, 'हे सांकृति । मै तुम्हें इस विषय में सब कुछ बताता हू । ध्यान से सुनो, योगदर्शन आठ अंगोंवाला है । ये आठ अग क्रमश· यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि नामवाले हैं । इनमे नियमों के नाम सत्य, अहिसा, दया, आर्जव, ब्रह्मचर्य, क्षमा, धृति, मिताहार, तथा शुचिता (पवित्रता) है । (1-6)

वेदो मे बतायी गई विधि के अतिरिक्त यदि किसी को मन, वाणी अथवा शरीर द्वारा किसी भी प्रकार से सताया जाता है, तो यही हिसा कहलाती है । इसके अतिरिक्त हिसा और कुछ भी नही है । हे मुनि । मै मानता हूं कि यह आत्मा सर्वगत, अछेद्य (जिसे काटा नहीं जा सकता) तथा अग्राह्य है । और वेदात के ज्ञाताओ ने अहिसा को श्रेष्ठ कहा है । इस आत्मा को चक्षु, घ्राण, श्रोत्र आदि इंद्रियों द्वारा सूंघा अथवा सुना आदि नही जा सकता । अत. इसके विषय में केवल वाणी से कहा गया वर्णन ही सत्य है, अन्यथा इसके विषय मे अन्य किसी भी प्रकार से नही बताया जा सकता । इसके प्रतिकूल परम ब्रह्म सब प्रकार से सत्य है, उसके अतिरिक्त कुछ भी सत्य नही है, इस मत को वेदांत दर्शन के विद्वानों ने परम सत्य कहा है । अन्य धन, संपत्ति, मणि-मुक्ता, रत्न, स्वर्ण आदि किसी भी प्रकार की मूल्यवान अथवा तुच्छ वस्तु से मन को पूर्णतया आसक्ति रहित रखना इन विद्वानों के मत में अस्तेय (चोरी न करना) है । आत्मा के प्रति अनात्म भाव न रखना, अर्थात इसे न स्वीकार करना

परस्पर एक-दूसरे का भोग करते है । इंद्र ने जब तक इस आत्मा को नही जाना, तब तक असुर इसे पराजित करते रहते थे, परंतु जब उसने आत्मा को जान लिया, तब उसने असुरो को मार डाला और जीतकर सभी देवताओं में श्रेष्ठ होकर स्वर्ग का राज्य आधिपत्य प्राप्त किया । विद्वान मनुष्य इसी प्रकार प्राणियो मे श्रेष्ठ बनकर स्वर्ग का आधिपत्य प्राप्त करता है । इसके ज्ञाता को भी यही फल प्राप्त होता है । (20)

□

41. जाबालदर्शनोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ अध्यायंतु ममागानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बालमिद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषदं माह ब्रह्म निराकरोद निराकरण मस्त्वनिराकरर्ण मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सतु।

ॐ शांति शाति शांति ।

मेरे समस्त अंग, वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इद्रियां तथा बल पुष्ट हों। यह उपनिषद् ब्रह्म स्वरूप जानने योग्य है। मैं ब्रह्म का निराकरण न करू, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे; हमारा परस्पर अनिराकरण हो। उपनिषदों का धर्म आत्मज्ञान में निरत मुझमें व्याप्त हो। दैहिक (शारीरिक), दैवीय और भौतिक (प्राणियो द्वारा होनेवाला) तीनों प्रकार के ताप कष्ट शांत हों।

प्रथम खंड

भूत भावन भगवान चतुर्भुज महाविष्णु ने योगियों के साम्राज्य को दीक्षित करनेवाले महायोगी दत्तात्रेय के रूप मे अवतार लिया था। एक बार मुनियो में श्रेष्ठ गुरुभक्त सांकृति नाम के उनके शिष्य ने अत्यंत विनम्रता के साथ अजलि बाधकर एकात में उनसे पूछा, 'भगवन । कृपया समस्त प्रपच सहित आठ अंगोंवाले योग के विषय मे मुझे सब कुछ बताइए, जिसके ज्ञानमात्र से मैं जीवनमुक्त हो जाऊ।' इस पर दत्तात्रेय बोले, 'हे सांकृति । मै तुम्हें इस विषय में सब कुछ बताता हू। ध्यान से सुनो, योगदर्शन आठ अगोंवाला है। ये आठ अग क्रमश यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि नामवाले हैं। इनमे नियमों के नाम सत्य, अहिसा, दया, आर्जव, ब्रह्मचर्य, क्षमा, धृति, मिताहार, तथा शुचिता (पवित्रता) है। (1-6)

वेदो मे बतायी गई विधि के अतिरिक्त यदि किसी को मन, वाणी अथवा शरीर द्वारा किसी भी प्रकार से सताया जाता है, तो यही हिसा कहलाती है। इसके अतिरिक्त हिसा और कुछ भी नही है। हे मुनि । मै मानता हू कि यह आत्मा सर्वगत, अछेद्य (जिसे काटा नही जा सकता) तथा अग्राह्य है। और वेदांत के ज्ञाताओ ने अहिसा को श्रेष्ठ कहा है। इस आत्मा को चक्षु, घ्राण, श्रोत्र आदि इद्रियों द्वारा सूंघा अथवा सुना आदि नही जा सकता। अत. इसके विषय में केवल वाणी से कहा गया वर्णन ही सत्य है, अन्यथा इसके विपय मे अन्य किसी भी प्रकार से नही बताया जा सकता। इसके प्रतिकूल परम ब्रह्म सब प्रकार से सत्य है, उसके अतिरिक्त कुछ भी सत्य नही है, इस मत को वेदांत दर्शन के विद्वानों ने परम सत्य कहा है। अन्य धन, संपत्ति, मणि-मुक्ता, रत्न, स्वर्ण आदि किसी भी प्रकार की मूल्यवान अथवा तुच्छ वस्तु से मन को पूर्णतया आसक्ति रहित रखना इन विद्वानों के मत में अस्तेय (चोरी न करना) है। आत्मा के प्रति अनात्म भाव न रखना, अर्थात इसे न स्वीकार करना

और संसार के सभी व्यावहारिक कार्यो मे अनात्म बुद्धि रखते हुए (इन्हें आत्मा से पृथक् मानते हुए) व्यवहार करना भी ज्ञानी पुरुषों की दृष्टि में अस्तेय है। मन, वाणी या देह से स्त्री सहवास का परित्याग ब्रह्मचर्य है और अपनी पत्नी से केवल ऋतु काल में सहवास करना भी ब्रह्मचर्य ही कहा गया है और इंद्रिय विषयो से हटाकर मन को ब्रह्म-भाव में लगाना भी ब्रह्मचर्य कहा गया है। समस्त प्राणियो को आत्मवत समझना तथा मन, वाणी और शरीर से उनके प्रति अपने समान ही व्यवहार करना, इस प्रकार की भावना को भी वेदातवादियो ने दया नाम से पुकारा है। (7-15)

पुत्र, मित्र, पत्नी और शत्रु मे भी साथ ही स्वय में भी एकरूपता का अवलोकन मेरे अनुसार आर्जव है। काया, मन अथवा वाणी द्वारा भी शत्रुओ द्वारा दु ख पहुचाए जाने पर भी बुद्धि मे किसी प्रकार का विक्षोभ न होना क्षमा का लक्षण है। वेदो द्वारा बताए गए मार्ग से ही ससार की मुक्ति हो सकती है, अन्य किसी भी प्रकार से नही, इस ज्ञान के दृढ निश्चय को वैदिक विद्वानों ने वृत्ति कहा है। 'मैं वही आत्मा हू, इस प्रकार की बलवती भावना को मति कहा जाता है। अल्पमात्रा मे सात्त्विक भोजन से आधे पेट को अन्न से, एक चौथाई को जल से तथा शेष एक चौथाई को वायु के लिए रिक्त छोड़ देना योगी के परिमित आहार का लक्षण है। योग के लिए इसी प्रकार भोजन करना अनुकूल माना गया है। हे मुनि ! मिट्टी एवं जल से शरीर को स्वच्छ करना वस्तुत इसकी बाह्य शुद्धता है, किंतु मै विशुद्ध आत्मा हू, ऐसा मानसिक मनन विद्वानो की दृष्टि मे वास्तविक पवित्रता है। देह तो अत्यत मलिन है, किंतु देही (देह में रहनेवाला आत्मा) अत्यंत निर्मल है, इस प्रकार इनके अंतर को जानकर किसे पवित्र करना चाहिए (अर्थात आत्मा की निर्मलता ही श्रेष्ठ है)। ज्ञान रूपी पवित्रता को छोड़कर जो व्यक्ति बाह्य पवित्रता मे ही लगा रहता है, वह मूर्ख वस्तुत· स्वर्ग का परित्याग करके लोष्ठ (मिट्टी का टुकडा) को ग्रहण करता है। ज्ञान रूपी अमृत को पीकर तृप्त बना योगी कृतार्थ हो जाता है। उसके लिए ससार मे कुछ भी शेष नही रह जाता। यदि वह समझे कि उसे अभी कुछ करना शेष है, तो वह वास्तविक तत्त्ववेत्ता नही कहा जा सकता। आत्मवेत्ताओ के लिए तीनो लोको में भी करने को कुछ भी शेष नही रहता, अत: हे साकृति मुनि ! सभी प्रकार से प्रयत्न करते हुए अहिसा आदि साधनो से अनुभवमय ज्ञान को प्राप्त करके आत्मा को अक्षर (अविनाशी) ब्रह्म समझो। (16-25)

द्वितीय खंड

तप, सतोष, आस्तिकता, लज्जा, दान, व्रत, मति, ईश्वर, पूजन एव सिद्धातो का श्रवण, ये दस नियम कहे जाते हैं। इनका वर्णन इस प्रकार है—वेदों में कहे गए कृच्छ एव चाद्रायण आदि व्रतो द्वारा अपने शरीर को सुखान तप कहलाता है। मोक्ष के स्वरूप एवं आत्म को ससार रूपी बधन प्राप्त होने के कारणों पर विचार करना तत्त्व ज्ञानियों की दृष्टि में तप है। भाग्य से जो कुछ भी मिल जाए उसे ईश्वर की इच्छा समझकर स्वीकार करना संतोष है। सभी जगह अनासक्त रहकर ब्रह्मलोक आदि के सुखों के प्रति भी विरक्ति होना और तब भी प्रसन्न मन रहना श्रेष्ठ यतोग कहलाता है। वेदों एवं स्मृतियों में कथित धर्म में विश्वास धर्म है। सकट ग्रस्त अथवा श्रेष्ठ वैदिक ज्ञान संपन्न विद्वानों को जो न्यायपूर्वक अर्जित किया हुआ धन दिया जाता है, मैं उसे दान कहता हू। (1-7)

असत्य, कटुता आदि से रहित भाषण, राग (आसक्ति) आदि से रहित मन तथा हिसा आदि क्रूरता से रहित मन से किया गया कर्म ही ईश्वर-पूजन है। यह सत्य, नित्य, ज्ञान स्वरूप, अनत, परम आनद एव ध्रुव है। इस सिद्धात का पुन-पुन श्रवण एव इसके अनुकूल आचरण ही सिद्धात श्रवण है। वैदिक एव लौकिक मतो ने जिन कार्यों को निदनीय माना है, उनको करने मे होनेवाला स्वाभाविक सकोच लज्जा है। सभी वैदिक सिद्धातों पर श्रद्धा तथा इनसे सबध रहित होने पर गुरु के द्वारा बताये गए मार्ग पर श्रद्धा ही मति है। वेदोक्त प्रकार से मत्रो का बार-बार अभ्यास करना जप है। साथ ही कल्पसूत्र, वेद, धर्मशास्त्र, पुराण एव इतिहास मे मन का लगा रहना भी मेरे मत मे जप ही है। जप के 'वाचिक' एव मानस दो भेद होते है। वाचिक पुन· दो प्रकार का होता है 'उपाशु' और 'उच्च'। मानसिक जप भी 'मनन' और ध्यान के' भेद से दो प्रकार का होता है। उच्च जप से उपाशु जप हजार गुना तथा उपाशु से मानसिक जप हजार गुना श्रेष्ठ होता है। उच्च जप भी सभी को यथोक्त फल देता है, किंतु मत्र-जप के समय यदि इसे नीच लोक सुन ले, तो यह फलहीन हो जाता है। (8-16)

तृतीय खंड

स्वास्तिक, गोमुख, पद्मासन, वीरासन, भद्रासन, मुक्तासन, मयूरासन तथा सुखासन— ये नौ आसन होते है। घुटनो और जाघो के बीच मे दोनो पांवो को अच्छी तरह से रखकर गर्दन, सिर और शरीर को सीधा रखने पर स्वस्तिकासन होता है। इसका नित्य अभ्यास करे। दाहिने घुटने को बांई ओर से तथा बाए घुटने को दाहिनी ओर से पीछे की ओर ले जाए— इसे गोमुखासन कहते हैं। तलुओं को ऊपर को करते हुए दो पांवों को (दाए को बाए मे और बाए की दाहिने मे) दोनो जाघो मे रखकर इनके अगूठो को विपरीत हाथो से पीछे की ओर पकडने से पद्मासन बनता है। यह आसन सभी रोगों को दूर करनेवाला है। बाएं पैर को दक्षिण जघा पर रखकर तनकर बैठने से वीरासन होता है। पावो को दोनों अंडकोशो के नीचे पार्श्व में रखे हाथो से दोनो पावो तथा पार्श्व भाग को दृढता से बाधकर बैठे, इससे भद्रासन बनता है, जो समस्त विषजन्य रोगो को नष्ट करता है। सीवनी की सूक्ष्म रेखा को बाए घुटने से दबाकर और फिर दाहिने घुटने से बाए को दबाने पर मुक्तासन होता है। दोनो 'हथेलियो को फैलाकर भूमि मे रखे फिर कुहनियो को नाभि के दोनो ओर लगाए। तब सिर और पावो को ऊंचा उठाकर आकाश मे (शून्य मे) दड की तरह सीधे सतुलित हो जाए। इस प्रकार बननेवाला यह मयूरासन समस्त पापों को नष्ट करनेवाला होता है, जिस प्रकार से बैठने पर सुख एवं धैर्य उत्पन्न होता है, उसे सुखासन कहते है। अशक्त-दुर्बल लोग इस आसन को करे। जो आसनों को सिद्ध कर लेता है, वह वस्तुत तीनो लोको को जीत लेता है। इसी प्रकार आसनो से प्राणायाम करे। (9-13)

चतुर्थ खंड

शरीर अपने हाथ की 96 अगुलियों के बराबर होता है। इसके मध्य मे तपे सोने के समान अग्नि का स्थान है। हे साकृति । मै सत्य कहता हू, यह त्रिकोण की आकृति का है। पायु से दो

और संसार के सभी व्यावहारिक कार्यो मे अनात्म बुद्धि रखते हुए (इन्हें आत्मा से पृथक् मानते हुए) व्यवहार करना भी ज्ञानी पुरुषो की दृष्टि में अस्तेय है। मन, वाणी या देह सें स्त्री सहवास का परित्याग ब्रह्मचर्य है और अपनी पत्नी से केवल ऋतु काल मे सहवास करना भी ब्रह्मचर्य ही कहा गया है और इंद्रिय विषयो से हटाकर मन को ब्रह्म-भाव में लगाना भी ब्रह्मचर्य कहा गया है। समस्त प्राणियो को आत्मवत समझना तथा मन, वाणी और शरीर से उनके प्रति अपने समान ही व्यवहार करना, इस प्रकार की भावना को भी वेदांतवादियों ने दया नाम से पुकारा है। (7-15)

पुत्र, मित्र, पत्नी और शत्रु मे भी साथ ही स्वयं में भी एकरूपता का अवलोकन मेरे अनुसार आर्जव है। काया, मन अथवा वाणी द्वारा भी शत्रुओं द्वारा दुःख पहुचाए जाने पर भी बुद्धि मे किसी प्रकार का विक्षोभ न होना क्षमा का लक्षण है। वेदो द्वारा बताए गए मार्ग से ही ससार की मुक्ति हो सकती है, अन्य किसी भी प्रकार से नही, इस ज्ञान के दृढ निश्चय को वैदिक विद्वानों ने वृत्ति कहा है। 'मैं वही आत्मा हूं, इस प्रकार की बलवती भावना को मति कहा जाता है। अल्पमात्रा मे सात्त्विक भोजन से आधे पेट को अन्न से, एक चौथाई को जल से तथा शेष एक चौथाई को वायु के लिए रिक्त छोड़ देना योगी के परिमित आहार का लक्षण है। योग के लिए इसी प्रकार भोजन करना अनुकूल माना गया है। हे मुनि ! मिट्टी एवं जल से शरीर को स्वच्छ करना वस्तुत इसकी बाह्य शुद्धता है, किंतु मै विशुद्ध आत्मा हू, ऐसा मानसिक मनन विद्वानो की दृष्टि मे वास्तविक पवित्रता है। देह तो अत्यंत मलिन है, किंतु देही (देह में रहनेवाला आत्मा) अत्यत निर्मल है, इस प्रकार इनके अंतर को जानकर किसे पवित्र करना चाहिए (अर्थात आत्मा की निर्मलता ही श्रेष्ठ है)। ज्ञान रूपी पवित्रता को छोडकर जो व्यक्ति बाह्य पवित्रता मे ही लगा रहता है, वह मूर्ख वस्तुत. स्वर्ग का परित्याग करके लोष्ठ (मिट्टी का टुकडा) को ग्रहण करता है। ज्ञान रूपी अमृत को पीकर तृप्त बना योगी कृतार्थ हो जाता है। उसके लिए संसार मे कुछ भी शेष नही रह जाता। यदि वह समझे कि उसे अभी कुछ करना शेष है, तो वह वास्तविक तत्त्ववेत्ता नही कहा जा सकता। आत्मवेत्ताओ के लिए तीनो लोकों में भी करने को कुछ भी शेष नही रहता, अत. हे सांकृति मुनि ! सभी प्रकार से प्रयत्न करते हुए अहिसा आदि साधनों से अनुभवमय ज्ञान को प्राप्त करके आत्मा को अक्षर (अविनाशी) ब्रह्म समझो। (16-25)

द्वितीय खंड

तप, संतोष, आस्तिकता, लज्जा, दान, व्रत, मति, ईश्वर, पूजन एव सिद्धातो का श्रवण, ये दस नियम कहे जाते हैं। इनका वर्णन इस प्रकार है—वेदों में कहे गए कृच्छ एव चाद्रायण आदि व्रतो द्वारा अपने शरीर को सुखान तप कहलाता है। मोक्ष के स्वरूप एव आत्म को ससार रूपी बधन प्राप्त होने के कारणों पर विचार करना तत्त्व ज्ञानियों की दृष्टि में तप है। भाग्य से जो कुछ भी मिल जाए उसे ईश्वर की इच्छा समझकर स्वीकार करना संतोष है। सभी जगह अनासक्त रहकर ब्रह्मलोक आदि के सुखों के प्रति भी विरक्ति होना और तब भी प्रसन्न मन रहना श्रेष्ठ सतोष कहलाता है। वेदों एव स्मृतियों में कथित धर्म में विश्वास धर्म है। संकट ग्रस्त अथवा श्रेष्ठ वैदिक ज्ञान संपन्न विद्वानों को जो न्यायपूर्वक अर्जित किया हुआ धन दिया जाता है, मैं उसे दान कहता हू। (1-7)

असत्य, कटुता आदि से रहित भाषण, राग (आसक्ति) आदि से रहित मन तथा हिसा आदि क्रूरता से रहित मन से किया गया कर्म ही ईश्वर-पूजन है। यह सत्य, नित्य, ज्ञान स्वरूप, अनत, परम आनद एव धुव है। इस सिद्धात का पुन-पुन. श्रवण एव इसके अनुकूल आचरण ही सिद्धात श्रवण है। वैदिक एव लौकिक मतो ने जिन कार्यो को निदनीय माना है, उनको करने में होनेवाला स्वाभाविक सकोच लज्जा है। सभी वैदिक सिद्धातो पर श्रद्धा तथा इनसे सबध रहित होने पर गुरु के द्वारा बताये गए मार्ग पर श्रद्धा ही मति है। वेदोक्त प्रकार से मत्रो का बार-बार अभ्यास करना जप है। साथ ही कल्पसूत्र, वेद, धर्मशास्त्र, पुराण एवं इतिहास मे मन का लगा रहना भी मेरे मत मे जप ही है। जप के 'वाचिक' एव मानस दो भेद होते है। वाचिक पुन· दो प्रकार का होता है 'उपाशु' और 'उच्च'। मानसिक जप भी 'मनन' और ध्यान के' भेद से दो प्रकार का होता है। उच्च जप से उपाशु जप हजार गुना तथा उपाशु से मानसिक जप हजार गुना श्रेष्ठ होता है। उच्च जप भी सभी को यथोक्त फल देता है, किंतु मत्र-जप के समय यदि इसे नीच लोक सुन ले, तो यह फलहीन हो जाता है। (8-16)

तृतीय खंड

स्वास्तिक, गोमुख, पद्मासन, वीरासन, भद्रासन, मुक्तासन, मयूरासन तथा सुखासन— ये नौ आसन होते है। घुटनों और जाघो के बीच मे दोनो पांवो को अच्छी तरह से रखकर गर्दन, सिर और शरीर को सीधा रखने पर स्वस्तिकासन होता है। इसका नित्य अभ्यास करे। दाहिने घुटने को बाई ओर से तथा बाए घुटने को दाहिनी ओर से पीछे की ओर ले जाएं— इसे गोमुखासन कहते है। तलुओ को ऊपर को करते हुए दो पावों को (दाए को बाए मे और बाए की दाहिने मे) दोनो जाघो मे रखकर इनके अंगूठों को विपरीत हाथों से पीछे की ओर पकडने से पद्मासन बनता है। यह आसन सभी रोगों को दूर करनेवाला है। बाए पैर को दक्षिण जघा पर रखकर तनकर बैठने से वीरासन होता है। पावो को दोनों अडकोशों के नीचे पार्श्व मे रखे हाथो से दोनो पावो तथा पार्श्व भाग को दृढता से बाधकर बैठे, इससे भद्रासन बनता है, जो समस्त विषजन्य रोगो को नष्ट करता है। सीवनी की सूक्ष्म रेखा को बाएं घुटने से दबाकर और फिर दाहिने घुटने से बाए को दबाने पर मुक्तासन होता है। दोनों 'हथेलियो को फैलाकर भूमि में रखे फिर कुहनियो को नाभि के दोनो ओर लगाए। तब सिर और पावो को ऊचा उठाकर आकाश में (शून्य मे) दड की तरह सीधे सतुलित हो जाए। इस प्रकार बननेवाला यह मयूरासन समस्त पापो को नष्ट करनेवाला होता है, जिस प्रकार से बैठने पर सुख एव धैर्य उत्पन्न होता है, उसे सुखासन कहते है। अशक्त-दुर्बल लोग इस आसन को करे। जो आसनो को सिद्ध कर लेता है, वह वस्तुत तीनो लोको को जीत लेता है। इसी प्रकार आसनो से प्राणायाम करे। (9-13)

चतुर्थ खंड

शरीर अपने हाथ की 96 अगुलियो के बराबर होता है। इसके मध्य मे तपे सोने के समान अग्नि का स्थान है। हे साकृति । मै सत्य कहता हू, यह त्रिकोण की आकृति का है। पायु से दो

अंगुल ऊपर तथा उपस्थ से दो अंगुल नीचे का स्थान ही देह का मध्य भाग है। यही मूलाधार है। इससे 9 अंगुल ऊपर कंद स्थान है। यह चार-चार अंगुल लंबा-चौड़ा तथा मुर्गी के अडे के समान होता है। यह ऊपर से त्वचा आदि से ढका हुआ है। हे श्रेष्ठ मुनि । इसी कंद स्थान के मध्य में योगतत्त्व के ज्ञाता नाभि को बताते है। कंद के मध्य भाग की नाड़ी सुषुम्ना कहलाती है। इसके चारों ओर बहत्तर हजार नाड़ियां हैं। इनमें सुषुम्ना, पिगला, इड़ा, सरस्वती, पूषा, वरुणा, हस्तजिह्वा, यशस्विनी, अलंबुसा, कुहू, विश्वोदरी, तपस्विनी, शंखिनी तथा गांधारी— ये चौदह प्रमुख नाड़िया मानी जाती है। इनमें तीन नाड़ियां प्रधान हैं तथा इन तीनों में भी सुषुम्ना प्रमुख है, इसे ब्रह्म-नाड़ी भी कहा जाता है। पीठ के मध्य भाग में अस्थियों का समूह मेरुदंड है। इससे निकलकर सुषमा मस्तक पर्यत प्रतिष्ठित है। नाभिकंद के दो अंगुल नीचे आठ प्रकृतियों से युक्त कुडली है। (9-11)

यह कुडली वायु के प्रयत्न एवं अन्न-जल आदि को रोककर सदा नाभि स्कंद के दोनों पार्श्वों को घेरे रहती है तथा अपने मुख से ब्रह्मरंध्र के मुख को आवृत्त किए रखती है। सुषुम्ना के दक्षिण एवं बाम भाग मे क्रमश पिगला और इडा होती हैं और दोनों पार्श्वों में सरस्वती और कुहू होती है। पिगला के पृष्ठ और पूर्व में क्रमश· पूषा और यशस्विनी होती हैं। कुहू और हस्तजिह्वा के मध्य में विश्वोदरी प्रतिष्ठित है। यशस्विनी और कुहू के बीच मे वरुणा स्थित है। गाधारी और सरस्वती के मध्य शंखिनी कही जाती है। नाभिकंद के मध्य से पायु (गुदा) पर्यंत अलंबुसा है। सुषुम्ना, अर्थात् राका के पूर्व भाग में कुहू स्थित है। यह ऊपर से नीचे तक स्थित होने से नासिका तक मानी जाती है। इड़ा बाम नासिका तक है। यशविनी बाए चरण के अंगूठे के अंत तक है। पूषा पिगला के पीछे से लेकर बांई आंख तक है। यशस्विनी बाएं कान तक है। सरस्वती जिह्वा तक तथा हस्तजिहा बाए पांव के अंगूठे तक है। शंखिनी नाडी बाएं कान तक है। गांधारी को वेदांतवेत्ता बाएं नेत्र तक स्थित मानते है। (12-22)

विश्वोदरी नाभिकंद के मध्य में स्थित है। प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान, नागकूर्म, क्रकर, देवदत्त तथा धनंजय— ये दस वायु सभी नाडियों में विचरण करते है। इनमें प्राण, अपान आदि प्रारंभ के पाच ही मुख्य रूप से प्राण वायु कहे जाते हैं और इन पांचों में भी प्राण एवं अपान इन दोनों को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण माना जाता है। प्राण वायु नासिका, नाभि तथा हृदय में सदा सचार करता रहता है। अपान पायु में, उपस्थ में, घुटनों में, समस्त उदर में, कमर में, नाभि में तथा जांघों में रहता है। व्यान कानों, नेत्रों, कंधों, घुटनों प्राण स्थान तथा गले में विद्यमान रहता है। उदान वायु, दोनों हाथों तथा पांवों में रहता है। समान नि संदेह समस्त देह में रहता है। शेष पाच वायु, नाग कृकर आदि त्वचा, अस्थि आदि में रहता है। प्राण के कार्य सांस लेना तथा उसे छोडना और खाना है। अपान का कार्य मूत्र-पुरीष विसर्जन करना है। समान वायु का कार्य समग्र देह को सतुलित अवस्था में रखना है। उदान वायु ऊर्ध्वगामी है। व्यान को वेदांती लोग नाद करनेवाला कहते हैं। डकार आना, वमन आदि करना इसी के कार्य हैं। शरीर में शोभा आदि धनजय के कार्य है। आखें खोलना, बंद करना आदि कूर्म के, भूख, प्यास आदि उत्पन्न करना कृकर के तथा तद्रा, आलस्य आदि उत्पन्न करना देवदत्त के कार्य कहे गए हैं। (23-34)

सुषुम्ना, इड़ा, पिगला तथा सरस्वती नाडी के देवता क्रमश. शिव, विष्णु, ब्रह्मा और विराट है। पूषा का सूर्य, वरुणा का वायु, हस्तजिह्वा का वरुण, यशस्विनी का भास्कर, अलबुसा का जल (वरुण) , गाधारी का चंद्रमा तथा कुहू का देवता क्षुधा है। इसी प्रकार शखिनी, पयस्विनी एवं विश्वोदरा नाडी के देवता क्रमश. चंद्रमा, प्रजापति तथा अग्नि है। इड़ा एवं पिगला नाड़ियो में क्रमश चद्र एवं सूर्य सदा संचार करते है। पिगला से इडा में प्राणमय सूर्य के सक्रमण को वेदात के ज्ञाता उत्तरायण कहते है। इसके विपरीत पिगला में प्राणरूप सूर्य का सक्रमण दक्षिणायन कहलाता है। जब प्राण इड़ा एवं पिगला की संधि में आता है, तो इसे अमावस्या कहते हैं। मूलाधार में प्राण का प्रवेश होना तपस्वियों की दृष्टि मे अतिम विषुव योग है। सभी उच्छवास एव नि.श्वास मासों की सक्रातिया है। प्राण का इडा से कुंडली स्थान मे आना सोम-ग्रहण कहा जाता है तथा पिगला से कुंडली स्थान में सूर्य का आगमन सूर्य ग्रहण होना है। (35-47)

शरीर के मस्तक में श्री पर्वत तथा ललाट में केदार नामक तीर्थ हैं। नाक तथा दोनों भौंहों के मध्य वाराणसी है। स्तनो के स्थान पर कुरुक्षेत्र तथा हृदय-कमल में प्रयाग है। हृदय के मध्य में चिदंबर तथा मूलाधार से कमलालय नामक तीर्थ है। आत्मा सबसे महान तीर्थ है, अत इसको न जानकर बाह्य तीर्थो मे जाना हाथ में रखे हुए मूल्यवान रत्न को छोडकर कांच को लेकर घूमने के समान है। भावतीर्थ सभी कर्मों में प्रमाण स्वरूप महान तीर्थ है, अत:इसी को गले से लगाए। पत्नी को तथा पुत्री संतान का आलिगन करना दूसरी बात है। तीर्थो में केवल जल और काष्ठ आदि से निर्मित मूर्तियां ही है; योगी आत्मा रूपी तीर्थ की पूजा करते है, अत वे तीर्थो में नही घूमते-फिरते। बाह्य तीर्थ व्यर्थ है; आत्मा रूपी तीर्थ ही परम तीर्थ है। शरीर के अंदर स्थित दुष्ट चित्त-तीर्थो मे स्नान करने से शुद्ध नही होता, क्योंकि यह भी मदिरा भरे पात्र को बाहर से धोने के समान शुद्ध नही हो सकता। शरीर में स्थित विषुव योग, उत्तरायण, दक्षिणायन, सूर्य-चद्र ग्रहण, वाराणसी आदि तीर्थों मे भावनामय स्नान से ही मनुष्य शुद्ध होता है। अज्ञानियों के भावों की शुद्धि के लिए ज्ञान योग मे परायण योगियो के पाद प्रक्षालन का (पाव धोने का पानी) जल ही तीर्थो का जल है। (48-53)

मूर्ख व्यक्ति शिव को तीर्थ में, दान में, जप मे, यज्ञ में काष्ठ पाषाण की प्रतिमाओं आदि मे देखता है, अपने शरीर में नही देखता, जबकि वास्तविक शिव इसी शरीर मे है। इस प्रकार के मुझ शिव को, जो मै उसके हृदय में ही स्थित हू, छोड़कर बाह्य स्थूल मूर्तियों को देखनेवाला वस्तुत हाथ मे रखे भोजन पिड को छोड़कर कुहनी को चाटता है। योगी शिव को प्रतिमाओ मे नही, अपितु आत्मा मे देखते हैं। प्रतिमाए तो अज्ञानियो की भावनाओं के लिए बनायी गई है। अपूर्व, अद्वितीय, सत्य, अगम्य, प्रज्ञानधन, आनंद स्वरूप ब्रह्म को अपने आत्मा में देखनेवाला ही वस्तुत ब्रह्म को जानता है। यह नर देह नाड़ियों का पुज मात्र है। इसे सदा सारहीन समझो। अत इसके प्रति अपनत्व भाव को त्याग दो और अपने को परमात्मा ही समझो। इन शरीरों में रहनेवाले महान अशरीर आनंद धन, अविनाशी ईश्वर के समान ही स्वयं को भी साक्षात ब्रह्म माननेवाला धैर्यशाली शोकमुक्त हो जाता है। आत्मा-परमात्मा के मध्य भेद रूपी अज्ञान के नष्ट होने पर, जब ज्ञान प्राप्त होने पर कौन मूर्ख फिर इन दोनों में भेद की बात करेगा। (54-60)

पंचम खंड

सांकृति ने पुन निवेदन किया है कि हे ब्रह्मन् ! संक्षेप में नाडी शुद्धि किस प्रकार होती है सम्यक रूप से बतलाइए, जिसके शुद्ध होने पर 'सत' का ध्यान करता हुआ जीवन मुक्त हो जाऊ। तब भगवान दत्तात्रेय बोले—मै नाड़ी-शुद्धि को सक्षेप मे कहता हू। इसे ध्यान से सुनो। शास्त्रो द्वारा बताए कर्मो का पालन करते हुए कामना, संकल्प आदि का त्याग कर देना चाहिए। यम आदि आठ अंगों का शांति एवं सत्य-परायणता से पालन करे। ज्ञानियों की सेवा मे शिक्षा प्राप्त करे। पर्वत शिखर, नदी-तीर बेल-वृक्ष के नीचे, वन में या किसी मनोरम शुद्ध स्थान में मठ बनाकर रहे। उत्तर या पश्चिम को मुख करके आसन लगाएं। ग्रीवा, सिर एवं शरीर को सीधा रखते हुए निश्चल बैठे। नासाग्र में (नाक के आगे) चद्रमंडल की कल्पना करते हुए उसमें प्रणव बिदु पर तुरीय स्वरूप ब्रह्म को अमृत प्रवाहित करते हुए आंखों से प्रत्यक्ष देखें। इड़ा से प्राण वायु को खीचकर उदर मे भरें और देह के मध्य में स्थित अग्नि का चिंतन करें मानो खीची हुई वायु में अग्निदेव की ज्वालाए उठ रही है। बिदु-नाद युक्त अग्नि बीज का चितन करके पिगला से रेचक करे। पुन अग्नि बीज को विचारते हुए पिंगला से पूरक करे और इड़ा से रेचक करें। तीन-चार दिन तक लगातार अथवा नित्य तीनों संध्याओं को तीन, चार या छ बार इसी प्रकार करें। इससे नाडी शुद्ध होती है। शरीर का हलकापन, जठराग्नि का बढना, आहत नाद की अभिव्यक्ति आदि कुछ प्रत्यक्ष अनुभव इसकी सिद्धि के लक्षण है। इनका अनुभव न होने तक अभ्यास करते रहने से अभ्यास मे अवश्य सफलता मिलती है। ऐसा न करने पर आत्मशुद्धि का अनुष्ठान करना चाहिए। आत्मा शुद्ध, सदा नित्य, सुखरूप एवं स्वयं प्रकाशित है। अज्ञान के कारण ही इसमें मलिनता आती है और ज्ञान प्राप्ति पर यह शुद्ध हो जाता है। अज्ञान रूपी मल का कीचड़ को ज्ञान रूपी जल से धोकर पुरुष सर्वथा शुद्ध हो जाता है। सांसारिक कार्यो में रत व्यक्ति शुद्ध नही हो पाता। (1-14)

षष्ठ खंड

हे सांकृति ! आदर से सुनो, मै प्राणायाम के क्रम को बताता हू। प्राणायाम पूरक कुभक एव रेचक इन तीन क्रियाओ से होता है। प्रणव (ओम—अ + अम) में तीन वर्ण है, जो क्रमश पूरक, कुभक एव रेचक के प्रतीक हैं। इन तीनों का सम्मिलित स्वरूप ही प्रणव है। सोलह मात्राओं के समय में 'अ' को स्मरण करते हुए इडा से पूरक करें। चौसठ मात्राओं तक 'उ' का ध्यान करते हुए कुभक करें। जब तक सभव हो जप करते हुए उसे धारण करते रहें। बाद में धीरे-धीरे 'म' का ध्यान करते हुए बत्तीस मात्राओ के समय में पिंगला से रेचक करें। यही प्राणायाम है। इसका पुन अभ्यास करें। दूसरों बार सोलह मात्राओं तक 'अ' को स्मरण करते हुए पिंगला से पूरक, 'उ' का ध्यान करते हुए चौंसठ मात्राओं तक कुभक तथा 'म' का ध्यान करते हुए इडा से बत्तीस मात्राओं से रेचक करें। इसी प्रकार पुन इड़ा से पूरक (आदि क्रमश) करें। नित्य उसका अभ्यास करें। छ मास तक अभ्यास करने पर पूर्ण ज्ञान हो जाता है। योगी इसका नित्य अभ्यास करें। एक वर्ष तक अभ्यास करने पर ब्रह्म साक्षात्कार होता है। (1-11)

प्राणायाम के ज्ञान द्वारा ही मुक्तता मिलती है। वाहर से वायु को उदर में भरना पूरक है। भरे हुए कुभ की तरह इसे उदर मे धारण करना कुंभक है। इसे खाली करके वायु को वाहर निकालना रेचक है। प्राणायाम के समय पसीना आना प्राणायाम की निम्नता को वताता है, पसीना आना मध्यम श्रेणी के प्राणायाम को सूचित करता है और साधक का इस अवस्था में भूमि से ऊपर उठ जाना प्राणायाम की उत्तमता का परिचायक है। इस उत्तम श्रेणी का प्राणायाम होने तक अभ्यास करते रहें। अतत यह प्राणायाम भी सिद्ध हो जाता है। सिद्धि पर सुखानुभूति होती है। प्राणायाम से चित्त शुद्ध होता है, जिससे अत में साक्षात आत्म-तत्त्व के दर्शन होते हैं, और प्राण चित्त से सयुक्त होकर परमात्मा मे स्थित होता है। इस अवस्था में देह के भूमि से उठने पर मुक्ति होती है। अत उसे पूरक एव रेचक का अभ्यास छोड़कर केवल कुंभक का ही नित्य अभ्यास करना चाहिए। इससे योगी सभी पापो से मुक्त होकर श्रेष्ठ ज्ञान को प्राप्त करता है। उसे मन के अनुसार तेज गति मिलती है तथा वृद्धावस्था के चिह्न सफेद बाल, झुर्रियों आदि से मुक्ति मिल जाती है। केवल प्राणायाम में ही निष्ठा होने से योगी के लिए कोई भी वस्तु दुर्लभ नही रहती, अत पूर्ण प्रयत्न से प्राणायाम का सम्यक अभ्यास करना चाहिए। (12-20)

अब मै प्राणायाम के विनियोगों के विषय में कहता हूं। प्रातः-साय दोनों संध्याओं में, ब्रह्म मुहूर्त मे अथवा मध्याह्न में सदैव बाह्य प्राण वायु को खीचकर उदर को भर लें। इसे नासिकाग्र में, नाभिमध्य मे तथा पाव के अंगूठे में धारण करें। इससे मनुष्य सभी रोगों से मुक्त होकर सौ वर्ष तक जीवित रहता है। नासिका के अग्रभाग में धारण करने से प्राण वायु को जीत लेता है, नाभि मध्य में धारण करने से रोग-निवृत्ति होती है तथा पांव के अगूठे में धारण करने से शरीर में हलकापन होता है। जिह्वा द्वारा खीचकर वायु पान करने से श्रम एव दाह शाति होकर नीरोगता प्राप्त होती है। जिह्वा से वायु को खीचकर जिह्वा मूल मे रोककर पीने से सारे सुख प्राप्त होते हैं। इड़ा से वायु को खीचकर भ्रूमध्य में रोकने के बाद इसे अमृत समझकर पीने से समस्त रोगों से मुक्ति मिलती है। इडा एव पिगला से वायु को खीचकर नाभि में रोकने से भी व्याधि से मुक्ति प्राप्त होती है। एक मास तक तीनों सध्याओं में शनै-शनै· वायु को खीचकर अमृत की तरह पीते हुए नाभि मे रोकने से वात एव पित्त जनित रोग पूर्णतया नष्ट हो जाते है। नाक के छेदो से वायु को खीचकर दोनों आखों मे तथा कानों में इसे रोकने से नेत्र रोग नष्ट होते हैं। इस प्रकार की वायु को रोककर सिर में धारण करने से सिर के रोग सचमुच नष्ट हो जाते हैं। (21-32)

एकाग्र मन से स्वस्तिकासन लगाकर अंगूठों से कानों को ढंककर तर्जनियों से नेत्रों को बद कर लें तथा अन्य अगुलियों से नाक को भी बंद कर लें। तब धीरे-धीरे अपान को ऊपर उठाते हुए प्रणव का जप करें। आनद की अनुभूति होने तक वायु को रोके रहें। इससे प्राण का ब्रह्मरध्र में प्रवेश होता है, इस पर पहले शख के समान नाद ध्वनि होती है, फिर मेघ जैसी ध्वनि होती है। इसके बाद सिर के मध्य में वायु के जाने पर पर्वत शिखर से गिरते हुए झरने के समान ध्वनि होती है। इसके बाद योगी प्रसन्नता के साथ साक्षात आत्मा के प्रति उन्मुख हो जाता है। फिर इस ज्ञान की निष्पत्ति स्वरूप जगत के प्रपचों से मुक्ति मिल जाती है। दाहिने गुल्फ से सीवनी को दबाकर घुटनो के नीचे जोड़ो में स्थित भगवान—त्रयबक का ध्यान करके गणेश एवं सरस्वती का स्मरण करे। फिर लिग की

नाल से वायु को खीचकर उसे आगे की ओर से खीचते हुए, साथ-ही-साथ प्रणव का जप करते हुए वायु को मूलाधार के मध्य मे स्थापित करें। इससे वहां की अग्नि प्रदीप्त होकर कुंडली मे चली जाती है। फिर यह वायु सुषुम्ना द्वारा अग्नि के साथ चली जाती है। इस प्रकार का अभ्याम करते रहने से वायु को जीता जाता है। (32-43)

पहले स्वेद (पसीना), फिर कपन तथा अंत में शरीर का ऊपर उठना वायु को जीत लेना सूचित करता है। इस अभ्यास के चलते रहने पर रोगों का मूलत नाश हो जाता है। भगदर (बावासीर) जैसे रोग भी ठीक हो जाते है। छोटे-बडे पापो के नाश होने के फलस्वरूप चित्त शुद्ध एव दर्पण के समान निर्मल हो जाता है। फिर ब्रह्मा आदि देवताओ के भोगो से भी वैराग्य हो जाता है। ससार से विरक्त कैवल्य प्राप्ति का साधन है। इसी पाप नाश के बाद भगवान सदा शिव के ज्ञान से जो एक बार भी ज्ञान रूप अमृत का पान कर लेता है, वह सब कुछ छोडकर उसी के प्रति दौड पडता है। अज्ञानी इस विश्व को ज्ञान स्वरूप कहते है, ज्ञानी इसे भोग रूप समझते है। आत्म स्वरूप का ज्ञान होने से अज्ञान का नाश होता है। अज्ञान का नाश होने पर राग आदि विषय भी नष्ट हो जाते है। इन विषयों के नष्ट होने पर पुण्य पाप भी नष्ट हो जाते है। इनके नाश से पुनर्जन्म भी नही होता। (43-51)

सप्तम खंड

हे महामुनि ! अब मै प्रत्याहार के विषय मे बताता हू। स्वाभाविक रूप में अपने विषयो मे विचरणशील इंद्रियों को बलात उनसे लौटाना आहरण कहलाता है। समस्त दृश्यमान ब्रह्म ही है। इस प्रकार की भावना का होना भी ब्रह्मवेत्ताओ की दृष्टि में प्रत्याहार ही है। मानव मृत्यु पर्यत जो कुछ भी शुद्ध या अशुद्ध करता है, उसे ब्रह्म को समर्पित कर देना भी प्रत्याहार है। ब्रह्म की आराधना समझते हुए नित्यकर्मो अथवा कामनाओं का करना भी प्रत्याहार ही है। या वायु को खीचकर दूसरे स्थान पर रोकें, दातो के मूल से वायु को खीचकर पहले कठ में फिर कठ से हृदय मे तथा हृदय से नाभि मे ले जाकर रोकें। फिर यहा से भी ले जाकर कुंडली में रोके। कुडली से मूलाधार मे रोके। फिर अपान से कमर के दोनो ओर फिर उस मध्य मे, तब दोनों जघेओ में और अत मे पाव के अगूठे में रोके। प्रत्याहार में निरत लोग इसी को प्रत्याहार कहते है। इस अभ्यास में लगे हुए महात्मा पुरुष के सभी पाप तथा सासारिक रोग नष्ट हो जाते है। स्वस्तिकासन में निश्चल बैठकर नाक से वायु को खीचकर पावों से लेकर मस्तक पर्यत भर ले। फिर इस वायु को दोनों पांवो मे, मूलाधार मे, नाभिकंद में, हृदय मध्य मे, कठमूल में, तालुओं में, भ्रूमध्य मे, ललाट मे तथा मूर्धा में धारण करे। एकाग्रचित से आत्मबुद्धि को त्याग कर निर्विकल्पक आत्मा में बुद्धि को स्थित करें। साक्षात ब्रह्म के वेत्ताओं ने इसी को प्रत्याहार कहा है। इसके अभ्यास से योगी के लिए कुछ भी दुर्लभ नही रहता। (1-14)

अष्टम खंड

इसके पश्चात अब मै पाच प्रकार की धारणाओं के विषय में बताता हू। शरीर मे स्थित आकाश में बाह्य आकाश को धारण करें। इसी तरह प्राण से बाह्य वायु को, जठराग्नि मे बाह्य अग्नि

को और शारीरिक जल मे बाह्य जल को धारण करे। तथा इन पाचो धारणाओ के समय क्रमश 'ह' 'य' 'व' 'र' 'ल' इन मंत्रो का उच्चारण करे। इसे सभी पापो को नष्ट करनेवाली धारणा को श्रेष्ठ माना गया है। जानुओ के अंत तक पृथ्वी का अश, घुटनो से गुदा तक का भाग जल का अश, गुदा से हृदय तक अग्नि का अंश, हृदय से भौहो तक वायु का अश और यहा से मस्तक तक आकाश का अंश कहा गया है। पृथ्वी के अश मे ब्रह्मा का, जल के अंश मे विष्णु का, अग्नि के अश मे महेश का, वायु के अंश में ईश्वर का तथा आकाश के अश मे सदाशिव के अश की धारणा करनी चाहिए। हे साकृति मुनि । अब मै एक अन्य धारणा के विषय मे बताता हूं। बुद्धिमान योगी म्वय को आत्मा मे नित्य, सर्वशासक, बोधमय एव आनदमय परमात्मा को धारण करे। इससे सभी पापो से मुक्ति मिलकर साधक सर्वथा शुद्ध हो जाता है। ब्रह्मा आदि कार्य रूपो को उनके अपने-अपने कारणो मे लय करके सर्व कारण, अव्यक्त, अनिरूप्य, अचेतन एव साक्षात तत्त्व को अपने आत्मा मे धारण करे तथा इस धारणा मे समस्त कलाओ से परिपूर्ण प्रणव (ओम) रूपी परमात्मा मे अपने मन का लय कर दे और मन के साथ इद्रियो को भी उसमे ही संयुक्त कर दे। (19)

नवम खंड

अब ध्यान के विषय मे बताता हू। इस ध्यान से समस्त सांसारिकता का नाश हो जाता है। ऋत (ऋत का अर्थ प्राकृति नियम है, जो कभी नही बदलते, सर्वथा सत्य होते है। जैसे दिन के बाद रात, जन्म के बाद मृत्यु अवश्य होती है, सूर्य पूर्व मे ही उदय होता है। इत्यादि) सत्य, परम ब्रह्म, समस्त संसार की एकमात्र औषधि, ऊर्ध्वरिता, विश्वरूप तथा विकराल नेत्रोवाले महेश्वर की, जो ईश्वरो का भी ईश्वर है, 'सोऽहम्' भावना से धारणा करे। अथवा सत्य, ईश्वर, ज्ञानस्वरूप, आनदमय, अद्वैत, परम निश्चल, नित्य, आदि-मध्य-अत में स्थित, स्थूल, अनाकाश, अस्पर्श्य, अदृश्य, रूप, गंध रहित, अप्रमेय, अनूप, सच्चिदानद अनंत ब्रह्म मै ही हू, ऐसी अभेद प्रतीत भी मुक्ति देनेवाली होती है। इस प्रकार अभ्यास करते रहने से महात्मा पुरुष को नि सदेह क्रमश वेदात ज्ञान की प्राप्ति होती है। (1-6)

दशम खंड

'अब भवनाशक समाधि के विषय मे बताता हू। परमात्मा एव जीवात्मा की एकता का निश्चयात्मक ज्ञान ही समाधि है। यह आत्मा नित्य, सर्वगत देह रहित एव दोष रहित है। एक होते हुए भी यह माया द्वारा उत्पन्न भ्रम के कारण अनेक दिखाई देता है। वस्तुत आत्मा एव परमात्मा मे कोई भेद नही है, माया के प्रपच नाम की कोई वस्तु नही है। जैसे एक ही आकाश (शून्य) घडे मे घटाकाश तथा मठ के ऊपर मठाकाश कहलाता है, वैसे ही जीवात्मा और परमात्मा मे कोई भेद नही है। अज्ञानी इन्हे दो रूपों में मानते हैं। जो ज्ञानी अपने को देह, प्राण, इंद्रिय, मन आदि नही मानते तथा साक्षी रूप में एकमात्र परमात्मा शिवरूप को ही मानते हैं, उनकी ऐसी निश्चयात्मक बुद्धि ही समाधि कही जाती है। (1-5)

'मै वही ब्रह्म हूं, कोई अन्य सांसारिक जीव नही, मुझसे परे किसी वस्तु का अस्तित्व नही है। जैसे फेन एव लहरे समुद्र से उत्पन्न होकर पुन उसी में मिल जाती हैं, उसी प्रकार यह जगत मुझसे

ही उत्पन्न होकर मुझमें ही लीन हो जाता है। इसी प्रकार मेरा मन भी मुझसे पृथक् नही है। इस प्रकार की अनुभूतिवाला योगी परम आनंद स्वरूप परमात्मा को प्राप्त करता है। जव उसके चित्त में सर्वव्यापक आत्म चैतन्य की अनुभूति होने लगती है, तब वह स्वयं परमात्मा रूप में स्थित हो जाता है। जब वह समस्त प्राणियों को स्वयं में तथा स्वयं को समस्त प्राणियों में देखने लगता है, तब वह साक्षात ब्रह्म ही हो जाता है। समाधि में स्थित योगी परमात्मा से एकाकार हो जाने पर अपने से भिन्न किसी भी प्राणी को नही देखता। इस अवस्था में वह परमात्मा में ही स्थित हो जाता है। अपनी आत्मा को ही सत्य रूप में देखने तथा विश्व को माया की क्रीड़ा मात्र देखने पर वह परम आनद को प्राप्त कर लेता है। (6-12)

'इस समस्त ज्ञान को देने पर भगवान दत्तात्रेय चुप हो गए। सांकृति मुनि अपने स्वरूप को जानने के बाद निर्भय होकर परम आनंद को प्राप्त हुए'। (13)

□

42. हंसोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिद पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शांति शाति शांति ।

गौतम ने सनत्कुमार से निवेदन किया, 'भगवन् । आप समस्त धर्म-तत्त्वो के ज्ञाता है, सभी शास्त्रों मे विशारद है । अत कृपया यह बताए कि ब्रह्म विद्या का ज्ञान किस उपाय से हो सकता है ?' इस पर सनत्कुमार बोले, 'समस्त धर्मो पर विचार करने के बाद उनके मतो को जानकर भगवान् शिव ने पार्वती को जो कुछ भी बताया था, हे गौतम । उसी सब ज्ञान को तुम मुझसे सुनो । इस गोपनीय ज्ञान को हर किसी को नही देना चाहिए । योगियो के लिए यह कोष के समान है । हस आत्मा की स्थिति को बताने वाला यह वर्णन मुक्तिरूप फल को प्रदान करनेवाला है । केवल शात प्रकृति, इद्रियजयी गुरुभक्त ब्रह्मचारी के सामने ही इस ज्ञान को प्रकट करना चाहिए । जैसे काष्ठ मे अग्नि एव तिलो में तेल होता है, वैसे ही सारे शरीर मे यह 'हस-हस' का ध्यान करता हुआ होता है । इसके ज्ञाता मृत्यु को जीत लेते है । (1-5)

सर्वप्रथम वायु को खीचकर आधार चक्र की वायु को बाहर निकालकर स्वाधिष्ठान चक्र की तीन बार प्रदक्षिणा करे । मणिपूरक चक्र मे जाकर अनाहत चक्र का अतिक्रमण करके विशुद्ध चक्र में प्राणो को रोककर आज्ञाचक्र के ध्यान के बाद ब्रह्मरध्र का ध्यान करो । ऐसा करते हुए 'मै त्रिमात्रा स्वरूप हूं', इस प्रकार का ध्यान करने से साधक उसी के समान बन जाता है । यह परम हस, जिसने समस्त जगत को व्याप्त कर रखा है, करोड़ों सूर्य के समान प्रकाशमान है । इसकी आठ प्रकार की वृत्ति होती है । पूर्व दल मे पुण्यमती, आग्नेय मे निद्रा, आलस्य आदि, दक्षिण मे क्रूर बुद्धि, नैऋत्य मे पाप बुद्धि, वारुणी मे क्रीडा-बुद्धि, वायव्य मे गमन बुद्धि, चद्रमडल मे रति तथा ईशान कोण में द्रव्य आदन होता हैं । साथ-ही-मध्य मे वैराग्य, केश में जागृत अवम्था, कर्णिका मे स्वप्न-लिग मे सुपुप्ति और तुरीय होता हैं । इस प्रकार का ध्यान करने से आधार चक्र से ब्रह्मरंध्र तक जो नाद होता है, उसे शुद्ध स्फटिक के समान परमात्मा कहा गया हैं । (6-9)

इसमे हस ऋषि है, अव्यक्त गायत्री छंद, परम हस देवता, 'ह' बीज, 'स' शक्ति तथा 'सोऽहम्' कीलक है । इस प्रकार इन छ मे एक रात-दिन मे वीस हजार छ सौ से भी अधिक सासे होती है । सूर्य, सोम, निरजन, निराभास आयतन सूक्ष्म तनु, प्रेरित करें । अग्नि के लिए वौषट्—इस प्रकार हदय से अन्य अगो मे इसके अगन्यास एव करन्यास होते है । ऐसा करके हदय मे हस स्वरूप आत्मा का ध्यान करें । (10-13)

अग्नि एव सोम इस हंस के पक्ष (पखे) है, 'उ' सिर है, विंदु नेत्र है, मुख रुद्र है, रुद्राणी दोनों

चरण हैं और काल दोनो हाथ है। इस प्रकार मन रहित होकर इसका अजय उपसंहार कहा गया है। इस स्थिति मे भाव हंस के वश मे रहते है। इसी जप कोटि से नाद का अनुभव होता है, जो दस प्रकार का है। दसो नाद क्रमश इस प्रकार है—पहले चिणि नाद होता, फिर चिणि-चिणि होता है। इसके बाद क्रमश. घटानाद, शखनाद, तत्रीनाद, तालनाद, वेणुनाद, भेरीनाद, मृदगनाद तथा दसवा मेघ का नाद होता है। (14-16)

दसो नादो मे प्रथम नौ को छोड़कर केवल दसवें का ही ध्यान करना चाहिए। प्रथम नाद के अभ्यास से शरीर मे चिणचिणाहट होती है, दूसरे के अभ्यास से शरीर टूटने का भय रहता है। तीसरे से पसीना आता है, चौथे से सिर कापने लगता है, पाचवे से तालु से लार का स्राव होता है, छठे से अमृत-वर्षा होती है, सातवे से गूढ ज्ञान प्राप्त होता है, आठवे से परा वाणी की प्राप्ति होती है, नवे से अदृश्य होने की शक्ति तथा निर्मल दिव्य दृष्टि की प्राप्ति और दसवे नाद से परम ब्रह्म का ज्ञान एव उसका सान्निध्य (समीपता) मिलता है। (17-20)

उसमे मन के लय होने पर, सकल्प-विकल्पो का नाश होने से पाप-पुण्य दग्ध हो जाते है। तब सदाशिवमय, सर्वत्र व्यापक, स्वय ज्योति, शुद्ध, बुद्ध, नित्य, निरजन परम शात ब्रह्म से साधक प्रकाशमय हो जाता है। यही वेदो का वचन है। यही ज्ञान का सार है। (21)

□

43. स्वसंवेद्योपनिषद

जल के बुलबुलों के समान प्राणी अदृश्य अमर ब्रह्म में लीन हो जाता है। लीन हो जानेवालों का जन्म नही होता। जैसे घडा टूटकर मिट्टी में, कपडा फटकर धागों में बंट जाता है, वैसे ही प्राण की भी स्थिति हो जाती है। जगत का न तो उपादान कारण है, न उसकी कोई उपादेयता है और न वह निमित्त कारण है। वस्तुत विद्या, पुराण, वेद, इतिहास, यह जगत, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, बिदु, कला, प्रारंभ, मध्य, अंत आदि सभी है ही नहीं। मुनि भी शब्दों के बुलबुलों से बने हुए है। वे पुराण, इतिहास आदि का अभिमान करते है। उन्हें वास्तविक ज्ञान प्राप्त ही नही होता; वे अज्ञान से घिरे रहते है। अत उन्हे प्रमाण नही माना जा सकता।

उसके ज्ञान से कोई भी प्रयोजन नहीं। जो चीज सचमुच मे है या जो नही है वह भी सच है। जगत में सब कुछ समय एवं स्वभाव के कारण है। न पाप है न पुण्य है, अतः सोने का पहाड़ या गाय दान करनेवाले तथा गौ हत्यारे, शराबी, चोर, ठग आदि सब एक समान हैं। समय के कारण यह सब होता है, आत्मा इन सबसे अलग है। उसके द्वारा गाय, ब्राह्मण, शराबी, चोर, ठग आदि के कोई कार्य नही होते। यह सब अपने-अपने मत है। अत उनका निर्वाण और नरक कुछ नही होता। यह सभी जानते है।

तत्त्वज्ञान अधकार है, क्योकि अज्ञानियों के मार्ग को इसमें उचित कहा गया है। उन्हे इस पर गर्व है। वे सुदर वचनों से मोहित होते हैं। यह सब गुड़ के अंदर कडवी दवा देने जैसा धोखा है। सब लोभ के कारण ही अनेक देवताओं, गुरुओं, तीर्थों आदि की शरण लेते हैं। कुछ हमें वैदिक (वेदों को माननेवाला) कहते है, कुछ नही कहते। कोई सर्वशास्त्रों का ज्ञाता बनता है, कोई स्वयं को देवों की कृपा का पात्र बताता है, कोई स्वप्न में देवता की कृपा से सब कुछ बता देने की बात करते हैं, कोई अपने को देवता कहते है, कोई वैष्णव बनता है, कुछ नाचते है, कुछ मूर्ख स्वयं को परम भक्त बताते हुए नाचते है और रोते है। ये सब अज्ञानी होते हैं। जो ज्ञानी होते हैं, वे वस्तुतः तत्त्वज्ञानी होते हैं। उनके मतों मे भेद हो सकता है। जिस ईश्वर में ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र आदि जाते हैं उसी में कुत्ते, गधे आदि भी लीन होते हैं, अत. कुत्ते, गधे आदि भी न ऊंच है; न नीच हैं और न मध्यम हैं, अर्थात सब समान हैं। अत यह सब ठीक ही है।

इस प्रकार न तो 'वह', 'क्या' आदि शब्द, माता, पिता, भाई, पत्नी, पुत्र या मित्र कुछ भी नही है। अत साधक अपने स्वरूप को जानने के लिए या मोक्ष के लिए संतों की सेवा करें। पत्नी, पुत्र, घर, धन आदि सब कुछ उनके ऊपर छोड़ दें। कर्माद्वैत (दो प्रकार के कार्य) नही, अपितु भावाद्वैत करना चाहिए। सर्वाद्वैत (सब एक जैसा) सबसे अच्छा है। गुरु सबसे बढकर है, अत उसे अलग ही समझना चाहिए। वही प्रकाश दिखाता है। उससे बड़ा कौन हो सकता है ? वह सत्य ही जीवनमुक्त है। इसे भली-भाति समझना चाहिए।

□

44. जाबाल्योपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायंतु ममांगानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिद्रियाणिच सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषद माहं ब्रह्म निराकरोद् निराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि संतु।

ॐ शांति शांति शाति ।

भगवान् जाबालि से पिप्पलादि ने पूछा, 'परमतत्त्व के बारे में बताइए। तत्त्व क्या है ? जीव क्या है ? पशु कौन है ? ईश्वर क्या है ? मोक्ष का उपाय क्या है ?' जाबालि बोले, 'तुमने बडी अच्छी बात पूछी है, जो भी मुझे ज्ञात है, मैं बताता हूं।' पिप्पलादि ने फिर पूछा, 'यह सब आपको किसने बताया ?' 'कार्तिकेय ने'—उत्तर मिला। 'उन्हें किसने बताया ?' पुन पूछने पर जाबालि बोले, 'ईशान ने।' इस पर पिप्पलादि ने कहा, 'यह रहस्य मुझे भी बताइए।' (1-9)

जाबालि बोले, 'अज्ञान से पशुपति ही प्राण धारण कर जीव बनता है। पच तत्त्वों के कारण ही वह पशु हो जाता है। (पशु कौन है ?) जन्म लेने के कारण जीव ही पशु है। जीवो का स्वामी होने से ईश्वर पशुपति है।' पिप्पलादि—'जीव पशु कैसे है ? उसकी उत्पत्ति कैसे होती है ?' जाबालि—'घास खानेवाले, बुद्धिहीन, दूसरे के अधीन, खेती आदि कार्य करनेवाले, सब दु खो को सहनेवाले, अपने स्वामी के दास गाय के समान सभी प्राणी पशु ही हैं। ईश्वर उनका स्वामी है।' पिप्पलादि—'तब ज्ञान कैसे होता है ?' जाबालि—'विभूति धारण करने से।' पिप्पलादि—'यह कैसे धारण की जाती है ? कहां-कहा धारण की जाती है ?' (10-18)

जाबालि बोले—'सद्योजातादि० ' 'अग्निरति० ' 'मामस्तोक० ' 'त्र्यायुष० ' 'त्र्यबक०' इन मत्रों से क्रमश भस्म ग्रहण करें, अभिमंत्रित करें तथा हाथ जल से गीला करें, सिर-ललाट, छाती-कधो में लगाएं और तीन रेखाएं लगाएं। सभी वेदों में वेदवादिरगे ने 'इसे शाभव व्रत कहा है। अत मोक्ष पाने के लिए इसे लगाएं।' (19)

सनत्कुमार ने इसे प्रमाण बताते हुए कहा है कि ललाट, भौंहों के बीच तथा आखों के ऊपर विभूति की तीन रेखाएं (त्रिपुंड) लगाएं। इसकी पहली रेखा गार्हपत्य अग्नि, रजोगुण, (ओम का) अ, भूलोक, अपनी आत्मा, क्रिया शक्ति, प्रात पूजा तथा प्रजापति है। दूसरी रेखा दक्षिण अग्नि, 'उ', सत्त्वगुण, अंतरिक्ष लोक, अतरात्मा, इच्छाशक्ति, मध्य दिन की पूजा और विष्णु है। तीसरी रेखा आहनीय अग्नि, 'म' द्यु लोक, परमात्मा, ज्ञानशक्ति, सामवेद, साय की पूजा और महादेवी है। इस भस्म के त्रिपुड को लगानेवाला विद्वान, ब्रह्मचारी, गृहस्थ या यती, जो भी हो, वह सभी पापो से छूट जाता है। वह सभी वेदों को पढनेवाले के समान, सभी देवताओं की पूजा करनेवाले के समान, सभी तीर्थों में नहाए के समान और रुद्रमत्रों का जप करनेवाले के समान हो जाता है। उसका फिर से जन्म नही होता। यह गुप्त रहस्य है। (20-23) □

45. मैत्रेयोपनिषद्

शांतिपाठ .

ॐ अप्यायतु ममांगानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिंद्रयाणिच्च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषद माह ब्रह्म निराकरोद् निराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सतु।

ॐ शांति. शांति शांति।

प्रथम अध्याय

शरीर नष्ट होनेवाला है, ऐसा विचार करते हुए वैराग्य के कारण राज्य बड़े पुत्र को देकर राजा वृहद्रथ वन में चला गया। वहां उसने हाथ ऊपर करते हुए सूर्य पर दृष्टि जमाकर कठोर तपस्या की। एक हजार वर्ष बाद बिना धुए की अग्नि के समान शाकटान्य मुनि वहां आए। उन्होने राजा से वर मागने को कहा। राजा बोला, 'आप आत्मा को जाननेवाले है। आप मुझे आत्मतत्त्व का उपदेश दीजिए।' मुनि बोले, 'यह कठिन विषय है। दूसरा वर मागो।' ऋषि के चरण छूते ही राजा बोले, 'समुद्र सूख जाते है, पर्वत टूट जाते है, पृथ्वी डूब जाती है और देवता भी नही रहते। अत सारा विश्व नाश होनेवाला और विषयों मे डूबा हुआ है। इनमें डूबे प्राणी को बार-बार जन्म लेना पड़ता है। मैं कुएं के मेढक के समान हूं। आप ही मेरा उद्धार कीजिए। मनुष्य मां-बाप के मैथुन से उत्पन्न होता है। यह शरीर मूत्र द्वार से निकला, मास से लीपा, चमड़े से मढ़ा हुआ हड्डियों का ढांचा है। इसमें मल-मूत्र आदि भरे है। ज्ञान रहित शरीर व्यर्थ है। मुझे शरण दें।' (1-3)

मुनि बोले, 'तुम धन्य हो। आत्मा 'मरुत' कहा जाता है।' राजा ने कहा, 'आत्मा क्या है?' इस पर मुनि बोले, 'शब्द-स्पर्श आदि अनर्थकारी विषयों में पड़कर प्राणियो का आत्मा ब्रह्म को भूल जाता है। तप से ज्ञान होता है, ज्ञान से मन वश मे होता है। इससे आत्मा की प्राप्ति होने पर संसार से मुक्ति मिलती है। जैसे अग्नि बुझ जाती है, वैसे ही वृत्तियों के नाश होने से, सारे विषय झूठ लगते है, चित्त ही ससार है, अत प्रयत्नपूर्वक इसे शुद्ध करने से तन्मयता होती है। चित्त के शुद्ध होने पर ही शुभ-अशुभ कर्म नष्ट होने पर आत्मा में लीनता और कभी कष्ट न होनेवाला सुख मिलता है। चित्त जितना सासारिक विषयो में लगता है, उतना यदि ब्रह्म में लगे, तो मुक्ति अवश्य मिलती है। हृदय कमल में रहनेवाला आत्मा कर्मो का साक्षी है। परमात्मा मन, वाणी आदि से नही जाना जानेवाला है। वह आदि-अत सब मे है। वह स्वय प्रकाश, भावना की गतिवाला, अहेय, अनुपादेय, विचित्र, ध्रुव, गभीर, प्रकाशमान, चारों ओर निराभास, निर्वाणमय और अकेला है। यह परम आनदमय, प्रत्येक प्रत्यक्ष रूप को धारण करनेवाला निसदेह मै ही हू। (अर्थात प्रत्येक आत्मा परमात्मा ही है) (4-15)

'जिसे आत्मा का ज्ञान हो जाता है, वह असंग कहलाता है। वह आशा के पिशाच को दूर कर देता है और उसे संसार मदारी के खेल के समान लगता है। तब उसे दुःख छू भी नही सकते। वर्ण-आश्रम को माननेवाले मूर्ख कर्मो का फल भोगते हैं। इन्हें छोड़कर आत्मा में रहनेवाला आनद भोगता है। वर्ण-आश्रम और शरीर नाश होनेवाले तथा कष्ट देनेवाले है, अत पुत्र, शरीर आदि से मोह त्यागकर अनंत सुख (आत्मा को जानना) चाहिए।' (16-18)

द्वितीय अध्याय

भगवान् मैत्रेय एक बार कैलाश गए। उन्होने भगवान शिव से कहा, 'हे ईश्वर । मुझे परम तत्त्व का रहस्य बताइए।' शिव बोले, 'शरीर को मंदिर कहा गया है। इसमे जीव केवल शिव ही है। अत अज्ञान को छोड़कर 'मैं वही हूं', ऐसा मानकर उसे पूजो। आत्मा-परमात्मा में भेद न समझना ज्ञान है, विषय-बुराइयों रहित मन ध्यान है, मन को शुद्ध रखना स्नान, तथा इद्रिय-निग्रह शुद्धता है। ब्रह्म-अमृत पीएं, केवल जीवित रहने हेतु भिक्षा लें तथा एकांत में रहे। बुद्धिमान को इसी से मुक्ति मिलती है। मां-बाप के मल से उत्पन्न सुख-दुःख के घर इस अपवित्र शरीर के मरने पर इसे छूकर स्नान किया जाता है। धातुओ से बने, महारोगी, पाप के घर, नश्वर और विकारोवाले इस शरीर को छूकर स्नान किया जाता है। आख, कान आदि शरीर के नौ द्वार गदगी उत्पन्न करने वाले है। जन्म के समय इसे माता के कारण सूतक होता है और मृत्यु पर भी सूतक होता है, अत इसे छूकर स्नान करना चाहिए। मल-मूत्र आदि की शुद्धता जल आदि से हो जाती है, किंतु 'मै-मेरा', इस अज्ञान की सफाई ही शुद्ध पवित्रता है, जो चित्त की सफाई के साथ ही, वासनाओं का नाश करके वैराग्य पैदा करती है। अद्वैत (जीव-ब्रह्म एक ही है) भावना सच्ची भिक्षा है। द्वैत भावना अभक्ष्य (न खाने योग्य) जैसी है, अत गुरु की आज्ञा के अनुसार ही भिक्षा मागनी चाहिए। (1-10)

'विद्वान कैद से छूटे चोर की तरह संन्यास लेकर घर से दूर रहने लगे। अहकार रूपी पुत्र, धन रूपी भाई, मोह रूपी बंधु एवं आशा रूपी पत्नी को छोडकर निःसदेह जीवन्मुक्ति मिलती है। मोह रूपी मां मरी और ज्ञान रूपी पुत्र उत्पन्न हुआ। दो सूतक एक साथ होने से संध्यावदन कैसे करू ? हृदयाकाश में चैतन्य सूर्य सदा चमक रहा है। न तो यह अस्त होता है; न उदय ही। अब सध्या कैसे हो ? गुरु के कहने पर यह ज्ञान हो गया कि सब कुछ एक ब्रह्म ही है। इसे ही एकात कहते है, किसी मठ या वन को नही। जिसे इसमें संदेह नही है, वही मुक्त होता है। शंकालु को जन्म-जन्मातर तक मुक्ति नही होती। कर्मों को छोड़कर या कहने मात्र से कोई सन्यासी नही कहलाता। समाधि में जीव और ब्रह्म एक ही हैं; ऐसा ज्ञान ही सन्यास है। जिसे समस्त इच्छाए उलटी के समान लगती है और शरीर का मोह नही होता, वही संन्यास लेने योग्य है। सभी वस्तुओं से वैराग्य होने पर ही सन्याम लें, अन्यथा पतन होता है। धन, अन्न या वस्त्र के लिए संन्यास लेने पर दोनों लोक नष्ट होते हैं, उसे कभी मुक्ति नही मिलती है। व्यक्ति के लिए तत्त्व-चिंतन श्रेष्ठ कर्म है, शास्त्र चिंतन मध्यम, मत्र चिंतन नीच तथा तीर्थों में जाना इससे भी घटिया है। मूर्ख व्यक्ति सच्चे ज्ञान के बिना ब्रह्म को पाने के विचार से प्रसन्न होता है, यह प्रसन्नता वृक्ष की छाया के फल देखने की प्रसन्नता जैसी है। ज्ञान में वृद्ध के सामने धनवृद्ध, आयुवृद्ध तथा विद्यावृद्ध शिष्य जैसे हैं। 'मैं' इस आत्मा को न जाननेवाले

विद्वान भी माया मे पड़े हुए तथा पेट भरने के लिए घूमनेवाले कौओं की तरह हैं। ,त्थर,लोहे,सोने या मिट्टी की मूर्तियों की पूजा फिर जन्म और भोग देती है। मोक्ष-प्राप्ति हेतु सन्यासी इन वाहरी पूजाओ को छोडकर हदय मे आत्मा की पूजा करें। सागर में रखे घडे के वाहर-भीतर पानी ही है। खाली स्थान मे रखा घड़ा बाहर-भीतर से खाली होता है। संसार से कुछ भी ग्रहण करने की भावना मत करो। इसके अलावा जो भी है,उसमें तन्मय बनो। देखे दृश्य और देखने की इच्छा को ही छोडकर दर्शन का प्रथम आभास करानेवाले आत्मा को भजो। सारी इच्छाए समाप्त होने पर जो पत्थर के समान बन चुका है,जो न जागता है और न सोता है,वही परम रूप एवं अवम्था है।' (11-30)

तृतीय अध्याय

'मै ही हू,दूसरा भी मै हू,मैं ब्रह्म,सवका गुरु,सभी लोक,मै ही हू। मै ही सदा,नित्य,विमल, विज्ञान, विशेष, चद्रमा, पूर्ण, शुभ, शोकहीन, चैतन्य, सम, मान-अपमान रहित, निर्गुण, शिव, द्वैत-अद्वैत से अलग, द्वद्वहीन, भाव-अभाव-रहित, भाषाहीन, प्रकाश, शून्य-अशून्य, प्रभावी, सुंदर-असुंदर,समानता-असमानता रहित,नित्य शुद्ध,सदा शिव,सव और कुछ नही से भी अलग और सात्त्विक सब मै ही हू। मै एक भी नही हूं और दो भी नही हूं,सत-असत के भेद से बाहर हू, अखड आनंद हू,'मै' भी नही हू और 'अन्य' भी नही हू। मै देह,आधार,आश्रय,वधन एव मोक्ष इन सवसे रहित हू। मैं शुद्ध,ब्रह्म 'वह' हू। चित्त आदि से रहित परम,परात्पर,सदा विचार रूप एव निर्विचार रूप हू।' (1-10)

'मै (ओम का) 'अ','उ' और 'म्' हू,सनातन हू,ध्याता,ध्यान एवं ध्येय से रहित हूं,सर्वत्र परिपूर्ण,सच्चिदानद,सभी तीर्थ,परमात्मा,लक्ष्य (दीखनेवाले) अलक्ष्य से रहित,लयहीन,रस रूप, प्रमाण-प्रमेय आदि हीन शिव,नेत्र आदि रहित हू,समस्त जगत को देखनेवाला नही हू,प्रवुद्ध प्रसन्न हर,सभी इद्रियों से हीन सब कर्म करनेवाला,वेदांत में कहा गया और सर्वसुलभ हू (11-15)।

'मै आनद भी हूं,शोक भी हूं,मौन धारण का फल भी हू,मै नित्य,चिन्मय,सच्चिदानद जो कुछ भी है,उससे हीन,हदय ग्रंथिहीन,हदय-कमल से,छ विकारों से,छ कोशो से,छ. शत्रुओ से रहित हू,अदर से भी अदर,देशकाल से परे,दिशाओ और आकाश का सुख हू,मैं,'नही है' से रहित, विमुक्त, सकारात्मक, अखंड आकार रूप, प्रपचमुक्त हूं। मै सर्वप्रकाश रूप चैतन्य ज्योति भूल-भविष्य-वर्तमान,तीनों कालों से रहित,काम,मोह आदि रहित,कामना रहित,निर्गुण,केवल, मुक्तिहीन,मुक्त,मोक्षहीन,सत्य-असत्य से परे,सत मात्र,गतव्य,स्थान,चलने से रहित,सदा समान रूप,शांत,पुरुषोत्तम,प्रत्येक के अनुभव जैसा और वह (ब्रह्म) मै ही हू,इसको एक बार सुननेवाला भी ब्रह्म हो जाता है। यही उपनिषद् का मत है।'

□

46. शांडिल्योनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ भद्रं कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्र पश्येमातक्षिर्भियर्यजत्रा ।
स्थिरेरगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नर्स्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ।
ॐ शाति शाति शांति ।

हम कानो से कल्याणमय वचन सुनें, नेत्रो से कल्याणमय चीजों को देखे और दृढ अगोंवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे । इंद्र हमारा कल्याण करे पूषा हमारा कल्याण करें, अमंगल नाशक गरुड और वृहस्पति हमारा कल्याण करे । दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दु ख शात हो ।

प्रथम अध्याय

शांडिल्य ने अथर्वागिरस से कहा, 'मुझे आत्मा की प्राप्ति के उपाय अष्टाग योग का बताइए ।' तब मुनि बोले—'यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एव समाधि— ये योग के आठ अंग है । नियम भी दस है । आसन आठ, प्राणायाम तीन, प्रत्याहार पाच, धारणा पाच, ध्यान दो तथा समाधि एक प्रकार की होती है । अहिसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, सरलता, क्षमा, धीरज, अल्प भोजन तथा पवित्रता— ये दस यम हैं । मन, वचन एव शरीर से किसी भी प्राणी को दु ख न देना अहिसा है, मन, वचन एव शरीर से प्राणियो की भलाई में सच बोलना सत्य है । इसी प्रकार दूसरे के धन की इच्छा न करना अस्तेय है, सब प्रकार का मैथुनत्याग ब्रह्मचर्य है, सभी प्राणियो पर अनुग्रह दया है, लोग कुछ भी करे उनके प्रति एकरूपता आर्जव है, प्रिय-अप्रिय एव प्रशसानिदा, सब कुछ सहना क्षमा है, धनहानि बधु आदि से वियोग एव मिलन मे एक समानता धृति है । एक चौथाई पेट को खाली रखते हुए स्निग्ध-मधुर आहार अल्प भोजन है और पवित्रता अदर और बाहर दो प्रकार की होती है । बाहर की पवित्रता मिट्टी, जल आदि से तथा अदर-मन की पवित्रता अध्यात्म से होती है । (1)

'तप, सतोष, आस्तिकता, दान, ईश्वर-पूजा, सिद्धातों को सुनना, लज्जा एव व्रत— ये दस नियम है । कृछ्र चांद्रायण आदि से शरीर को सुखाना— तप और भाग्य से जो भी मिले, उसी पर सतोष करना— सतोष है, वेदों में विश्वास— आस्तिकता, न्याय से कमाए धन को श्रद्धा से देना— दान, प्रमन्नता से शिव, विष्णु आदि की पूजा— ईश्वरपूजन, वेदों के अर्थ पर विचार, सिद्धात— श्रवण, वेदविरुद्ध कार्य में अनुभूति— लज्जा, वेदों के बनाए मार्ग मे श्रद्धा मति, गुरु द्वारा प्राप्त मत्र का अभ्यास— जप है, जो वाचिक एव मानसिक दो प्रकार का होता है । ध्यान लगने पर मन मे जप

करना मानसिक जप है। वाचिक भी दो प्रकार का होता है—ऊंची आवाज में और उपांशु। ऊची आवाज का जप भी फल देता है, किंतु उपांशु हजार गुना और मानसिक जप करोड गुना श्रेष्ठ होता है। वेदो द्वारा वर्जित कार्यों का कभी आचरण न करना व्रत है। (2)

'स्वस्तिक, गोमुख, पद्म, वीर, सिह, भद्र, मुक्त तथा मयूर— ये आठ आसन हैं। दोनों पावों के तलुओं को जानुओ के बीच मे रखकर तनकर बैठना स्वस्तिकासन है। बाए घुटने को बाई ओर तथा दाहिने को दाहिनी ओर पीठ में लगाकर गाय के मुख के समान बैठना गोमुखासन है। दोनों जाघों पर दोनों पैरों को रखकर हाथो से विपरीत पांवों के अगूठों को पकड़ना पद्मासन है। दोनों पावो को दोनों जाघों से मिलाकर बैठना वीरासन है। दोनों घुटनों को मिलाकर, हाथों को अगुलिया फैलाकर जांघों पर रखकर बैठें, एकाग्र होकर दृष्टि को नाक के आगे चलाए— यह सिहासन है। योगी इसकी प्रशसा करते है। गुदा को बाएं से दबाए तथा लिग के ऊपर दाहिने पाव को रखकर भौहों के बीच में दृष्टि रखने से सिद्धासन होता है। जननेंद्रिय के नीचे दोनों घुटनों को जमाएं और हाथों से पैरों को अगल-बगल से दृढ़ता से पकडें। बिना हिले बैठें। इसे भद्रासन कहते है। यह सभी रोगो और विषों का नाश करता है। बाएं घुटने से हलके से दबाएं, इस पर दाहिना पाव रखने से मुक्तासन बनता है। हथेलियो को फैलाकर भूमि में रखे कुहनियो को नाभि की बगलों में फिर इस पर सतुलित होकर शरीर एवं सिर को लकडी के समान हवा में उठाने से सभी पापों को नष्ट करनेवाला मयूरासन बनता है। इन आसनों से शरीर के विषों एव रोगों का नाश होता है। दुर्बल इनका सुखपूर्वक आसानी के साथ अभ्यास करें। आसन जीतना तीनों लोक जीतना है। यम नियमों से भली-भाति परिचित होकर ही प्राणायाम करे। इससे नाडी शुद्धि होती है। (3-10)

'नाडिया कैसे शुद्ध होती है ? ये कितनी है ? कैसे उत्पन्न होती है ? उनमें कितने वायु है ? किसका स्थान कहा है ? शरीर में उनके क्या कार्य है ? इस विषय में सभी जानने योग्य मुझे बताइए।' शाडिल्य के इस प्रकार पूछने पर अथर्वा बोले, 'शरीर 96 अगुल लंबा तथा प्राण वायु इससे 12 अगुल अधिक है। योगाभ्यास से प्राण को अग्नि के साथ या कुछ कम करनेवाला श्रेष्ठ योगी होता है। मानव शरीर में तपे सोने के समान त्रिकोण चौपायों मे चतुष्कोण तथा पक्षियों मे गोल आकार की अग्नि होती है। गुदा से दो अंगुल ऊपर और जनन इंद्रिय से दो अगुल नीचे मनुष्य देह मे, चौपायों में हृदय के मध्य मे और पक्षियों में बीच पेट मे इसका स्थान है। यह नौ अगुल लबा-चौडा अंडे जैसा होता है। (11-15)

'नाभि में बारह अरोंवाला चक्र है। इसमें पुण्य-पाप से प्रेरित जीव घूमता है। शरीर मे जीव प्राणों पर सवार है। नाभि के पास में ऊपर-नीचे कुंडली का स्थान है। इसकी कुडल के समान आठ प्रकृतिया हैं। यह योग के समय वायु को सही रूप मे चलाकर अन्न-जल आदि को चारों ओर कधो के पास रोकती है और मुख से ब्रह्मरंध्र को घेरती है। समाधि में अपान एव अग्नि के साथ हृदयाकाश को प्रकाशित करती हुई ज्ञान रूप बनती है। मध्य मे स्थित कुंडलिनी से इडा, पिगला, सुषुम्ना, सरस्वती, वारुणी, पूषा, हस्तजिह्वा, यशस्विनी, विश्वोदरा, कुहू, शखिनी, पयस्विनी, अलबुसा तथा गाधारी, ये चौदह मुख्य नाडिया निकलती है। सुषुम्ना विश्व को धारण करनेवाली

एवं मोक्ष देनेवाली है। गुदा के पीछे वीणा दंड के समान मूर्धा में ब्रह्मरंध्र तक सूक्ष्म वैष्णवी होती है।(16-20)

'सुषुम्ना के बाएं एवं दाहिने क्रमश. इड़ा एवं पिगला है। इड़ा मे चंद्रमा चलता है, यह तमोगुण रूप और अमृत का भाग है। पिगला मे सूर्य चलता है, जो रजोगुण रूप एव विष का भाग है। ये दोनो सारे समय को धारण करते हैं। सुषुम्ना समय को भोगती है। इसके पीछे और बगल में सरस्वती और कुहू है। यशस्विनी एवं कुहू के बीच वारुणी, पूषा एवं सरस्वती के बीच पयस्विनी, गांधारी एव सरस्वती के बीच यशस्विनी, कंद के बीच अलंबुसा तथा सुषुम्ना के पूर्व से लिग तक कुहू है। कुंडलिनी के ऊपर-नीचे चारों तरफ वारुणी है। यशस्विनी एव सौम्या पाव के अगूठे तक, पिंगला ऊपर को बाई नाक तक, पूषा पिगला के पीछे बाई आंख तक, यशस्विनी बाए कान तक, सरस्वती जीभ के ऊपरी भाग तक, शखिनी ऊपर को बाएं कान तक, गाधारी इडा के पीछे से बाए नेत्र तक और अलंबुसा गुदा-मूल से ऊपर-नीचे को जाती है। इनके अतिरिक्त भी बहुत-सी नाडिया है। उनसे भी नाड़ियां निकलती है। जैसे पीपल के पत्ते मे शिराएं होती है, वैसे ही शरीर मे नाडिया फैली है। (21)

'प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त तथा धनजय— ये दस वायु इन सभी नाडियो मे चलते है। मुख, नाक, गला, दोनों पांव के अगूठे और कुडली में प्राण। कान, नाक, कमर, आंख मे व्यान।गुदा, लिग, जानु, पेट में अपान। जोड़ों में उदान, हाथों, पावो तथा सारे देह मे समान रहता है। पेट मे अन्न और अग्नि के साथ भी समान फैला रहता है। नाग, कूर्म आदि त्वचा. हड्डी आदि मे रहते है। पेट मे अन्न, जल आदि से प्राण रस को पृथक् करता है। अग्नि मे पानी, पानी मे अन्न आदि को रखकर प्राण अपान के पास जाकर उसके साथ शरीर की अग्नि के पास जाता है। यह अग्नि अपान से बचकर धीरे-धीरे जलता है और प्राण के साथ मिलकर भोजन को पचाकर उसमें से पसीना, मूत्र, जल, रक्त, वीर्य, मल आदि को अलग करता है और समान के साथ नाडियो में रस पहुचाता है। प्राण सास रूप में सारे देह मे चलता है। देह के नौ छिद्रो से वायु, पसीना, मूत्र आदि त्यागते है। सास लेना प्राण का, मूत्रादि त्यागना अपान का, लेना-देना आदि व्यान का, शरीर को उठाना उदान का तथा पोषण करना समान का कार्य है। डकार आदि नाग का, पलके झपकना कूर्म का एवं भूख लगना कृकर का कार्य है। इस प्रकार नाडी वायु स्थानों को सही-सही जानकर नाडी शुद्धि करे। (22)

'योगाभ्यास करके यम-नियम के साथ सग (लगाव) छोडकर सत्यता से क्रोध को जीतकर गुरु की सेवा से, माता-पिता के अधीन रहकर आश्रम में शिक्षा को पाकर तप करने, फल-मूल आदिवाले स्थान में जाए। आश्रम के पास, फूल-फलों वाले मदिर, नदी तीर, ग्राम या नगर मे जहा भी उपयुक्त हो, सुंदर स्थान पर, न अधिक ऊचा, न अधिक नीचा, न अधिक लवा, न चौडा हो ऐसे— दरवाजेवाला गोबर से लिपा सुंदर मठ बनाएं। वहां वेदात का श्रवण करता हुए योगाभ्यास करे। गणेश-पूजा और इष्ट को नमस्कार करके आसन में बैठें। मुख पूर्व या उत्तर को हो। बैठने का आसन कोमल हो। तनकर बैठते हुए नाक के आगे दृष्टि हो। भौंहों के बीच चद्र बिंब को देखते हुए

नेत्रों से अमृत पीए। बारह मात्राओं से इड़ा से पूरक करें। ज्वालाओं वाले 'र' और बिदु के साथ अग्नि का ध्यान करता हुआ पिंगला से रेचक करे, फिर पिगला से पूरक के बाद कुभक करके इडा से रेचक करे। तीन, चार या सात मास तक तीनों संध्याओं में तीन-चार बार और बीच में छ बार अभ्यास से नाड़ी शुद्धि होती है। तब शरीर में हलकापन, सुंदरता तथा भूख में वृद्धि होती है। नाद सुनाई देता है। (23)

'प्राण एवं अपान को मिलाना ही प्राणायाम है, जिसके पूरक, कुंभक और रेचक तीन भेद है। यह तो केवल वर्ण है, वस्तुत. प्रणव (ओम) ही प्राणायाम है। पद्म आदि आसन में बैठकर नाक के आगे दृष्टि जमाकर ऐसा ध्यान करे— चंद्रमंडल की चादनी से लिपटी मूर्ति-सी लाल रग की हस पर बैठी हाथ मे दंडवाली गायत्री ओम (अ + उ + म) की 'अ' है, 'उ' सफेद अगोवाली, गरुड पर बैठी, हाथ मे चक्रवाली युवती सावित्री है और 'म' श्याम अगों, बैल पर बैठी हाथ मे त्रिशूलवाली सरस्वती है। इस प्रकार ओम अक्षर इन तीनों का कारण परम ज्योति है। तब इडा में सोलह मात्राओ मे 'अ' का चितन करते हुए पूरक करे। 'उ' का चितन करते हुए चौसठ मात्राओ तक कुंभक करके बत्तीस मात्राओ मे 'म' के चितन के साथ रेचक करें। इसी क्रम से बार-बार करें। (24)

'आसन दृढ होने पर जितेंद्रिय योगी अल्पाहार से सुषुम्ना के मल को शुद्ध करने हेतु पद्मासन लगाकर पहले पूर्वोक्त विधि से तथा फिर पिगला से पूरक और इड़ा से रेचक करे। इसी क्रम से नित्य प्राणायाम करने से योगी की नाडी तीन मास में शुद्ध हो जाती है। प्रात, दोपहर, शाम एव मध्यरात्रि मे धीरे-धीरे 80 मात्रा तक कुभक का अभ्यास करे। हलके प्राणायाम मे पसीना तथा मध्यम प्राणायाम में कपकपी होती है। उत्तम प्राणायाम में पद्मासन उठ जाता है। पसीने को शरीर मे ही मल ले, इससे योगी का शरीर दृढ और हलका होता है। अभ्यास के आरभ मे घी-दूध का भोजन उत्तम है, किंतु अभ्यास पक्का होने पर कोई नियम नही होता। शेर, हाथी, व्याघ्र आदि को वश में करने के समान वायु भी वश मे हो जाती है। उलटा-सीधा प्राणायाम साधक का नाश करता है। उचित रीति से ही पूरक, कुंभक एव रेचक करे, तभी सिद्धि मिलती है। शक्ति के अनुसार कुभक करने से अग्नि बढती है। नाड़ी शुद्धि तथा नाद श्रवण होता है। विधि अनुसार प्राणायाम से नाडी शुद्धि होने पर सुषुम्ना के मुख को भेदकर वायु सुख देता है। वायु के मध्य मे जाने से मन स्थिर होता है। मन का सुदरता से स्थिर होना ही मनोमयी अवस्था है।

'पूरक के एव कुभक के अत में तथा रेचक के आरभ मे क्रमश· जालधर बध, उड्डीयाण एव उड्डीण करें। नीचे मूलरध्र को सिकोडने से शीघ्र ही कठ सिकुडता है। मध्य को पश्चिम में तानने से प्राण ब्रह्म नाडी में जाता है। अपान को ऊपर रोककर प्राण को कठ से नीचे ले जाता हुआ रोगी सोलह वर्षीय बन जाता है।

'सुखासन में बैठकर दाहिनी नाडी से वायु को खीचकर केशो से नाखूनों तक मे कुंभक करके बाए से रेचक करें। इससे कपाल शुद्धि होकर नाडी का वायु रोग नष्ट होते है। चलते-रुकते हृदय से गले तक ध्वनि सहित दोनों नाक से पूरक करके शक्ति भर कुंभक करके इडा से रेचक करे। इससे कफ-नाश होकर भूख वढ़ती है। मुख से 'सी-सी' करते हुए पूरक करें। यथाशक्ति कुभक के

बाद दोनो नाको से रेचक करने से भूख, प्यास, आलस्य एव निद्रा नहीं लगती। जीभ से कुभक करके ऐसा करने से गोला, तिल्ली, ज्वर, पित्त एवं भूख का नाश होता है। कुभक दो प्रकार का होता है—सहित एव केवल। रेचक-पूरक के साथवाला सहित तथा बिना इनके केवल कुंभक है। केवल की सिद्धि तक अभ्यास करें। इसके सिद्ध होने से तीनो लोकों में कुछ भी दुर्लभ नही है। इससे कुंडलिनी का ज्ञान होता है। तब शरीर हलका, मुख प्रसन्न, आखे निर्मल हो जाती है। नाद सुनाई देता है, बिदु जीत लिया जाता है और रोग नष्ट हो जाते है। लक्ष्य भीतर हो, दृष्टि बाहर हो तथा पलकें न गिरें, यह सब तत्रो की गोपनीय वैष्णवी मुद्रा है। लक्ष्य अदर हो, योगी का चित्त और वायु विलीन हो गया हो, अपलक बाहर नीचे देखता हुआ भी कुछ न देखता हो, यह खेचरी मुद्रा है। यह केवल लक्ष्य मे ही एकचित्त होने से और मगलमय होने से वैष्णवी भी कहलाती है। अधखुली आखे, स्थिर मन, नाक के आगे दृष्टिवाला योगी सूर्य एवं चद्र नाड़ी को भी लीन कर देता है। ज्योतिरूप समस्त विषयों से परे देदीप्यमान तत्त्व ही तब उसका विषय होता है।

पुतलियो को ज्योति मे लगाकर कुछ भौहो को उठाया हुआ जैसा यह पूर्व मार्ग का अभ्यास है। इससे क्षण-भर मे उन्मन अवस्था प्राप्त होती है। फिर योग निद्रा प्राप्त होती है, जिससे योगी का काल नही होता। शक्ति एव मन को एक-दूसरे के बीच मे रखकर मन से मन को देखकर सुखी होओ। आकाश एवं आत्मा को एक-दूसरे के मध्य मे रखकर सब आकाशमय है, ऐसा मानकर कुछ भी चितन न करे। बाहर और अदर की समस्त चिताओं को त्यागकर चैतन्यमात्र परायण बनो।

जैसे कपूर अग्नि मे और लवण पानी मे लीन हो जाता है, वैसे ही लीन होने पर मन मे लय होता है। जानने योग्य सब जान लेने पर यह ज्ञान ही मन कहलाता है। ज्ञान और जानने योग्य साथ ही नष्ट हो, यही श्रेष्ठ मार्ग है। जानने योग्य (ज्ञेय) का परित्याग करने से मन लीन होता है, तब कैवल्य (मोक्ष) ही शेष रहता है। चित्त नाश के योग एवं ज्ञान दो मार्ग है। चित्तवृत्ति को रोकना योग है। यथार्थ दृष्टि ज्ञान है। चित्तवृत्ति को रोकने से मन अवश्य शात हो जाता है, तब ससार के भ्रम का भी लय हो जाता है। सूर्यगति के शात होने से जगत व्यवहार रुकने के समान शास्त्रो और सज्जनो की कृपा से वैराग्य के अभ्यास पर ससार शांत हो जाता है। इस प्रकार वैराग्य होने पर लबे समय तक ध्यान एव तत्त्व के अभ्यास से प्राणायाम वश में हो जाता है, पुन इसके दृढ अभ्यास से मन के वश में होने पर ओकार के उच्चारण से शब्द तत्त्व का ज्ञान होता है और सुषुप्ति का रूप भी ज्ञात हो जाता है। तालु के मूल ग्रथि को सावधानी से जिह्वा द्वारा दबाने पर प्राण ऊपर चला जाता है और उसकी गति रुक जाती है।

तालु से बाहर अंगुल ऊपर प्राण के चेष्टारहित होने पर ऊपर के छिद्र से इसकी गति रोकी जाती है। नासिका के सामने बारह अगुल पर निर्मल आकाश में ज्ञान दृष्टि से तथा भौहों के बीच मे तारक ब्रह्म के दर्शन से जगत प्रपंच नष्ट होने पर मानसिक सकल्प मे प्राण गति रोकी जाती है। कल्याणकारक ओकार ज्ञान के होने पर जब कोई भी विकार शेष नही रहता, तब प्राण-गति रोकी जाती है। दीर्घकाल तक हृदय मे आकाश का अनुभव होने पर वासनारहित मन के ध्यान द्वारा प्राण की गति रुकती है।

इस प्रकार अनेक अन्य कर्मों द्वारा भी प्राण को रोका जाता है। कुडलिनी को सकुचित करने

से मोक्ष का द्वार खुलता है। जिस मार्ग से जाना होता है,उसके मुख को ढककर कुडलिनी सोई रहती है,जो सर्प के समान लिपटी होती है। इसे शक्ति से चलायमान करने पर योगी मुक्त होता है। कठ से ऊपर सोई कुडलिनी योगियों मे होती है,जो मुक्ति देती है,इससे नीचे की कुडली मूर्खों मे होती है तथा बधन कारक होती है। यदि यह इडा-पिगला के मार्ग को छोडकर सुषुम्ना से चले,तो विष्णु का परम पद देती है। विद्वान मन के साथ ही प्राणायाम का अभ्यास करे। दिन या रात्रि का विचार किए बिना सदा विष्णु की पूजा करें। पाच स्त्रोतो वाले सुषिर का ज्ञान खेचरी मुद्रा है। दाई-वाई नाडी में सचरणशील वायु का स्थिर हो जाना खेचरी मुद्रा है।

इड़ा एव पिगला के बीच का शून्य स्थान वायु को ग्रस लेता है। वही खेचरी भी रहती है। छेदन आदि से जिह्वा को नुकीली बनाकर भ्रू मध्य में दृष्टि लगाकर जब जिह्वा उलटी जाने लगे,तो खेचरी मुद्रा होती है। जिह्वा और चित्त दोनों कपाल आकाश में घूमते है,तब ऊर्ध्व जिह्वावाला व्यक्ति अमर हो जाता है,बाए पैर से मूल रंध्र को दबाकर पसरे हुए दाहिने पैर को हाथों से पकडें। नाक से वायु को ऊपर चढाकर इसे रोकने से क्लेश नष्ट होते है। तब विष भी अमृत जैसा पच जाता है और क्षय,गुल्म एव चर्म-गुदा रोग नष्ट हो जाते हैं। यह प्राणो को जीतनेवाली और मृत्यु को भगानेवाली क्रिया है। बाई एडी को योनि स्थान में लगाकर दाहिने पाव को वाए के ऊपर रखें। वायु को भरकर हृदय एव ठोडी में धारणकर योनि मार्ग को सकुचित कर मन मे धारण करके यथाशक्ति अपने आत्मा का ध्यान करे। इससे अपरोक्ष सिद्धि होती है। वायु खीचकर उदर मे भरे, मन से इसे नाभि,नाक के आगे और पाव के अगूठे मे धारण करें। सध्याकाल में ऐसा करने से योगी रोगो एव थकान से रहित हो जाता है। नाक के आगे धारण करने से वायु विजय,नाभि मध्य मे धारण से सभी रोगों का नाश और पाव के अगूठे मे धारण करने से देह में हलकापन आता है। जीभ से लगातार वायु पीने से रोग,थकान एव दाह का नाश होता है।

सध्या के समय तीन मास तक जीभ से वायु पीने पर तीन माह में वाणी मे कल्याणमय सरस्वती आ जाती है। छ माह तक ऐसा करने से सब रोग नष्ट हो जाते है। जीभ से वायु को लेकर उसकी जड मे रोककर पीने से सब प्रकार से भला होता है। इड़ा से भौहों के मध्य आत्मा मे आत्मा को धारण करने से अमृत भेदन होता है और रोगी भी रोगमुक्त हो जाता है। एक माह तक तीनो सध्याओं में जिह्वा से वायु को पेट में भरने से अमृत भेदन होता है। क्षण-भर भी नाक के आगे वायु को मन से नित्य धारण करने पर सभी ज्वर,विष तथा सैकडो जन्मों के पाप नष्ट होते है। मन के साथ आंख की पुतली के सयम से समस्त विषयों का ज्ञान,नाक के साथ सयम से सभी लोको का,चित्त के सयम से वायुलोक का,आख के सयम से सभी लोको का,श्रोत्र सयम से यमलोक का,पार्श्व से निर्ऋति लोक का,पृष्ठ भाग से अरुणलोक का,बाएं कान से वरुणलोक का,कठ से चद्रलोक का, बाई आख से शिवलोक का,तलवो से अतललोक का,पांवों से वितललोक का,पावो के जोडो से अनित्य लोक का ज्ञान होता है। इसी प्रकार शरीर के विभिन्न अगो से तथा शरीर के तत्त्वो आदि से मन का सयम करने पर अनेकों लोकों का ज्ञान होता है।

प्रत्याहार पांच प्रकार का होता है। इद्रियों को उनके विषयों से बलपूर्वक हटाना प्रत्याहार है और सब कुछ दिखाई पडनेवाला,नित्य कर्म फलो का त्याग,सभी विषयो से विमुख होना तथा

अठारह मर्मस्थलों को धारण करना, ये सभी प्रत्याहार हैं। पांव का अंगूठा, गुल्फ, जंघा, जानु, गुदा, लिग, नाभि, हृदय कठ छिद्र, तालु, नाक, आंख, भ्रूमध्य, ललाट एवं मस्तक, इन स्थानों में उतार-चढ़ाव क्रम द्वारा क्रमशः प्रत्याहार करें।

धारण के तीन भेद हैं—आत्मा में मन को धारण करना, दहर आकाश में वाहरी आकाश को धारण करना तथा पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश में पांच मूर्तियों को धारण करना।

ध्यान सगुण एवं निर्गुण दो प्रकार का होता है। मूर्ति का ध्यान सगुण तथा आत्मा का ध्यान निर्गुण ध्यान है।

जीवात्मा एवं परमात्मा की एकता की अवस्था समाधि है। यह (ज्ञान, ज्ञेय एव ज्ञाता) त्रिपुटी रहित परमानद स्वरूप शुद्ध चैतन्य अवस्था है।

द्वितीय अध्याय

चारों वेदों से भी ब्रह्म विद्या प्राप्त न होने पर शांडिल्य ने अथर्वा के पास जाकर कहा, 'भगवन, मेरे कल्याण के लिए मुझे ब्रह्म-विद्या का उपदेश दीजिए।'

तब अथर्वा बोले, 'ब्रह्म सत्य, अनंत और विज्ञानमय है। जिसमें यह जगत और जो इसमें पिरोया गया है और जिसको जानने पर समस्त ज्ञान हो जाता है, वह हाथ, पांव, आख, कान, जीभ आदि रहित एक अवर्णनीय तत्त्व है। जिससे मन के साथ वाणी आदि सभी इद्रिया उसे पाए विना लौट आती है। जो केवल ज्ञान से प्राप्त होता है। जिससे प्रज्ञा जन्मी है, जो अद्वितीय है, आकाश के समान सबमें है, अत्यंत सूक्ष्म, निरंजन, निष्क्रिय, 'सत' मात्र आनंदमय रस, शिव, प्रशात, अमृत और परम ब्रह्म है। तुम भी वही हो, उसे ज्ञान से जानो। एक ही देव आत्मा की प्रधान शक्ति है, सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, प्राणियों का अंतरात्मा, सभी प्राणियों में गूढ़ और रहनेवाला तथा सवका कारण है। जो विश्व को वनाता है, पालता है तथा उसका उपभोग करता है, वही आत्मा है। इसी में समस्त लोकों को समझो। शोक मत करो। आत्मज्ञानी शोक का अंत कर देता है।'

तृतीय अध्याय

'शाडिल्य ने पूछा, यह ब्रह्म एक, अक्षर, निष्क्रिय, शिव एवं सत मात्र है तव यह विश्व कैसे उत्पन्न होता है? कैसे स्थित रहता है? और कैसे लय होता है? मेरी शका को दूर कीजिए।' अथर्वा वोले, 'ठीक है, ब्रह्म अक्षर और निष्क्रिय है, किंतु इसके सकल, निष्कल तथा सकल-निष्कल, ये तीन रूप हैं। जो सत्य, विज्ञान, आनंद, निष्क्रिय, निरंजन, सर्वगत एवं अति सूक्ष्म है, निष्कल रूप है। इसके साथ ही उत्पन्न होनेवाली लाल, सफेद एवं काली मूल प्रकृति माया है। इसकी सहायता से वह देव काला-पीला महेश्वर होता है, यह इसका सकल-निष्कल रूप है। ज्ञान तप करके इसने अनेक प्रकार का वनना चाहा। फिर तप करने पर तीन अक्षर, तीन व्याहतिया तीन गायत्री, तीन वेद, तीन देव, तीन वर्ण तथा तीन अग्नियां उत्पन्न हुईं। यह ऐश्वर्ययुक्त, सर्वव्यापी, सभी प्राणियों के हृदय में स्थित मायावी और माया के साथ क्रीड़ा करनेवाला ब्रह्म ही ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इद्र आदि सभी देव है। यह प्राणियों के आगे-पीछे, उत्तर-दक्षिण, ऊपर-नीचे सभी जगह है। वही सव कुछ है। यह दत्तात्रेय के समान रूपवाला, वस्त्ररहित, नीलकमल के समान, चार भुजाओंवाला और भयकरता रहित है। यह उसका सकल रूप है।' (1)

शाडिल्य ने पूछा, 'इस सन्मात्र आनद और रस रूप को परम ब्रह्म क्यों कहते हैं ?' अथर्वा ने कहा, 'वह स्वय बढता है और दूसरों को बढ़ाता है, इसलिए उसे परम ब्रह्म कहते हैं। सबमें व्याप्त रहने से, सबको ग्रहण करने से तथा सबको खा जाने से वह आत्मा कहलाता है। वह शब्द, ध्वनि तथा आत्मशक्ति में सबसे बडा और सबका शासक होने के कारण वह महेश्वर कहलाता है। अत्रि ने पुत्र की इच्छा से कठिन तपस्या की, ज्योतिर्मय भगवान् प्रसन्न होकर स्वयं अत्रि-अनसूया के पुत्र बने। अतः वह दत्तात्रेय कहलाता है। जो इन नामों के अर्थ को जानता है और जो इस विद्या की उपासना करता है, वह सब कुछ और ब्रह्म को भी जान लेता है। दत्तात्रेय, शिव, शांत, इद्रनील मणि के समान, मायामय, अवधूत, दिगबर, सारे शरीर में भस्म लगाए हुए, जटाधारी, चार भुजावाले, खिले कमल जैसे नेत्रोवाले, ज्ञानयोग की निधि, विश्वगुरु, योगियों के प्रिय, भक्तों पर कृपा करनेवाले, सर्वसाक्षी, सिद्धों द्वारा पूजित, ऐसे रूप का जो लगातार ध्यान करता है, वह सारे पापों से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है। यह सत्य रहस्य है।' (2)

□

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृंणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिर्भियर्यजत्रा ।
स्थिरेरगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्ताक्ष्यों अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति शाति शाति ।

हम कानो से कल्याणमय वचन सुने, नेत्रो से कल्याणमय चीजो को देखे और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे । इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करे । अमगल नाशक गरुड और बृहस्पति हमारा कल्याण करे । दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दु ख शात हो ।

शौनक ने भगवान् पिप्पलाद से पूछा, 'ससार मे उत्पन्न होनेवाले पदार्थ क्या पहले ही भगवान् के हृदय रूपी आकाश मे रहते है ? इन्हे विभाग सहित अपने मे कैसे बनाता है ? यह महान प्रभु कौन है ?' तब पिप्पलाद बोले, 'जो सत्य है, वह बताता हूं । ब्रह्मपुर मे, विरज (तीनो गुणो से हीन), निष्फल, स्वच्छ अक्षर (जो नष्ट नही होता) ब्रह्म रहता है । वह जीवो के बधन और मोक्ष को बनाता है, अत उसे निर्मक कहते है । वह जीवो को अविद्या (माया) से नियमित कर देता है और मोक्ष पानेवालो के लिए इसे समाप्त कर देता है । निष्काम बुद्धि से काम करनेवाले को उसके कर्म विषयो मे नही खीच सकते । चार प्राण देवता है । थके हुए बाज की तरह प्राण इन्हे प्राप्त करनेवाली नाडियो मे आश्रय लेता है । यह हिरण्यमय परम कोश मे रमा आदि तीन नाडियो मे घूमता है । तब उसका त्रिपाद स्वरूप ब्रह्म ही शेष रहता है । जैसे सोए व्यक्ति को लाठी से पीटने पर वह बैठ जाता है, फिर नही सोता, वैसे ही जीव भी वेदात तत्त्व को जानकर फिर अज्ञान मे नही पडता । मनचाही चीज मिलने पर बच्चे के समान प्राणी भी स्वप्न एव जागृत अवस्था मे आनदित होता है । मैने परम ज्याति को जान लिया है, 'मै परम ज्योति और उमका प्रकाश हू', ऐसे चित्तवाला परम आनद प्राप्त करता है । तब चित्त की प्रसन्नता प्राप्त होती है । तब प्राण उसी मार्ग से निर्विकल्पक समाधि से स्वप्न अवस्था मे विश्राम करता है । फिर एक-एक कर ईश्वर की इच्छा से तीनों अवस्थाओं में सचरण की प्रवृत्ति हो जाती है, इससे आत्मा आनंदित होता है । इस प्रकार वह ब्रह्म को अपने से अभिन्न मानकर उसे नही छोडता । इसी प्रकार स्तन की तरह लटके हुए इस आत्मा की साधना करो । यही योग का आधार है । यही इंद्रयोनि और वेदयोनि है, जो इसमें जागृत रहता है । इसका ध्यान करनेवाला शुभ-अशुभ से लिप्त नही होता । यह देव अत्यत प्रसन्नतावाला, अमग, चैतन्य, पुरुष, प्रणव, हंस और परम ब्रह्म है । प्राण का अर्थ यहा प्रणव है; जीव नही है । प्रणव ही जीवो का आधार है । इस जाननेवाला जीव ब्रह्म की एकता को जानकर ब्रह्म को पाता है । (1-2)

'ब्रह्मज्ञान ही पुरुष की आतरिक शिखा है। ब्रह्मवेत्ता और मुमुक्षु इसी (आंतरिक [illegible] एव जनेऊ धारण करें। वाह्य शिखा एव जनेऊ गृहस्थ धारण करें। आतरिक [illegible] बाहरी धागे के समान दीखनेवाले नहीं हैं। अव्यक्त होने पर भी ये सब में मिलते हैं। (1)

'अविद्या (माया) 'है', 'नही है', 'सत', 'असत', भिन्न, भाग सहित, भागों से [illegible] अलग है। वह मिथ्या स्वरूप है, अत ब्रह्मज्ञान होने पर यह सब छोड़ दिया जाता है। (2)

'ब्रह्म की जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति, तुरीय एव तुरीयातीत अवस्था [illegible] इसके चार पाद (स्थान) है—नाभि, हृदय, कठ तथा सिर। पूर्व की चार अवस्थाओं [illegible] आदि अग्नियों में आत्मा की भावना करें। जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एव तुरीय [illegible] एव अक्षर ब्रह्म का ध्यान करें। जनेऊ को चार अगुलियों में लपेटना [illegible] है। 96 तत्त्व इसमें लिपटे हैं, जिनमें तीन (गुणों) का भाग देने पर 32 तत्त्वों [illegible] इसके तीन पल्ले तीन गुणों (सत्त्व, रजस एव तमस) के प्रतीक हैं। साथ ही [illegible] रुद्र भी माने जाते है। नौ पल्ले नौ ब्रह्म हैं। इनमें फिर 3 का भाग देने पर आई [illegible] चद्रमा एव अग्नि स्वरूप है। इनकी कला स्वरूप से एक करके आदि-अत [illegible] इसमें ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र को समझें। इसकी चित्त गाठ को अद्वैत ग्रथि बनाकर [illegible] पहनने से चित्त-शुद्धि होती है। नाभि से ब्रह्मरंध्र तक 27 स्थानों के गृचक इनके [illegible] जिस प्रकार मिट्टी से बने बर्तन मिट्टी ही होते हैं, वैसे ही ब्रह्म से निर्मित वस्तुएं ब्रह्म [illegible] ही यज्ञोपवीत को भी समझना चाहिए। 'मैं उस हस ब्रह्म का ही अश हूं', ऐसा निश्चय [illegible] ब्राह्मणत्व ध्यान की योग्यता यति के गुणों की प्राप्ति होती है। तभी व्यक्ति में आतरिक [illegible] की योग्यता आती है, बाह्य यज्ञोपवीत गृहस्थों का लक्षण है।

'बाल की शिखा एवं कपास ततुओं से बना जनेऊ वैदिक कर्म करने का आभास [illegible]। चौबीस तत्त्वों के प्रतीक इस जनेऊ में भले ही नौ तागे हों, किंतु यह एक ही ब्रह्म का स्वरूप [illegible]। अपनी-अपनी बुद्धि से लोग भले ही अनेक मत बना लें। ब्राह्मणादि, देव, ऋषि सभी की मुक्ति, ब्रह्म तथा ब्राह्मणत्व एक ही है, वर्ण आश्रम, नियम भले ही अलग हों, वर्णाश्रमवालों की शिखा एक [illegible] है। मोक्ष के अधिकारी यति की शिखा एवं यज्ञोपवीत का कारण प्रणव भी एक ही है। इनकी शिखा एव जनेऊ ब्रह्मज्ञान एव प्रणव है तथा नाद इन्हें जोडता है। यह धर्म भिन्न नहीं है, क्योंकि प्रणव, हस, नाद एव जनेऊ परमात्मा ही हैं। पर और अपर दो प्रकारका ब्रह्म है, उसे जानो। उसे जानने के लिए शिखा, जनेऊ आदि प्रपंच त्याग दें। (5)

'केशों को काटकर तथा जनेऊ को त्यागकर ब्रह्म रूपी जनेऊ धारण करे। पुनर्जन्म से मुक्ति के लिए रात-दिन मोक्ष का चिंतन करें। ब्रह्म की सूचना देने के कारण ही जनेऊ को सूत्र कहते है। जो वस्तुत इसे जान लेता है, वही मुमुक्ष है, वही भिक्षु है, वही वेद जाननेवाला, सदाचारी ब्राह्मण और पवित्र है। जिसमें सब कुछ तागे में मोतियों के समान पिरोया गया है, उस सूत्र को योगी, योग ज्ञाता, ब्राह्मण तथा यति धारण करे। योग ज्ञान में लगा हुआ ब्राह्मण बाह्य सूत्र को त्यागकर ब्रह्म भाव के सूत्र को धारण करें, इससे उसे मुक्ति मिलती है। इसे धारण करने से अपवित्रता तथा जूठापन नष्ट होते हैं। (6-10)

'ज्ञान रूपी आतरिक जनेऊ धारण करनेवाले ही सच्चे सूत्रविद तथा जनेऊ धारक हैं। ज्ञान ही जिनकी शिखा, भक्ति एव जनेऊ है उनका ज्ञान ही परम ज्ञान एव पवित्र ज्ञान है। अग्नि के समान आंतरिक शिखावाला ही वास्तविक शिखावाला है अन्य वालों की शिखावाला नही। वैदिक या लौकिक कर्मकाडी सच्चे ब्राह्मण न होकर, ब्राह्मणों की छाया के समान तथा केवल पेट भरनेवाले हैं, जो बार-बार जन्म रूपी नरक मे जाते है। विद्वान वाएं कधे से दाहिनी कमर तक ज्ञान रूप आतरिक जनेऊ को, जो ब्रह्म सूत्र है, नाभि से ब्रह्मरंध्र तक प्रमाण सहित धारण करें। ज्ञानमयी शिखा एव जनेऊ धारक ब्राह्मण का जन्म ही सफल है। इस परम परायण यज्ञोपवीत को धारण करनेवाला विद्वान मुक्ति पाता है। केवल बाहरी जनेऊ धारण करने से ही सन्यासी नही बना जाता, इसके लिए आतरिक जनेऊ भी अनिवार्य है। अत मोक्ष का इच्छुक सभी प्रयत्नो से वाहरी जनेऊ को त्यागकर भीतरी जनेऊ धारण करे।' (11-20)

□

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शाति शांति शाति ।

परमात्मा हम (गुरु-शिष्य) की साथ ही रक्षा करे। हम साथ-साथ उपभोग एवं वीरता के कार्य करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो। हम परस्पर विद्वेष न करे। तीनो प्रकार के दु ख शात हो।

देवताओ ने ब्रह्मा से कहा, 'कृपया हमें ब्रह्मविद्या का उपदेश दें।' तब प्रजापति बोले, 'शिखा सहित केशो को काटकर यज्ञोपवीत त्याग दो। पुत्र को देखकर उससे कहो—तुम ब्रह्म हो, यज्ञ हो, बषटकार, ओकार, स्वाहा, स्वधा, धाता और विधाता हो। तब पुत्र कहे—मै ब्रह्म हू, यज्ञ हू । तब सन्यास लेकर घर से चलने पर पीछे आते हुए पुत्र आदि को देखकर आसू न गिराए। आसू गिरने से सतान नष्ट हो जाती है। तब सभी सन्यासी की प्रदिक्षणा करते है और इधर-उधर न देखकर घर लौट आते हैं। ऐसा सन्यासी स्वर्ग प्राप्त करता है। (1-2)

'ब्रह्मचर्याश्रम में वेदो को पढकर युवावस्था आने पर विवाह करे। पुत्रोत्पत्ति के पश्चात उसे योग्य बनाकर यथाशक्ति धार्मिक कार्य करें। फिर सबकी अनुमति से संन्यास ले सकता है। सन्यास लेने पर बारह रात्रि तक दूध का आहार लेते हुए दूध का ही हवन करें। तब वैश्वानर एवं प्रजापति के लिए विष्णु एव प्रजापति को दिए जानेवाले चरु से हवन करे। तब दारुपत्रो को तथा मिट्टी पात्रो को क्रमश हवन एवं जल मे विसर्जित करे। स्वर्ण आदि की वस्तुओं को गुरु को दे दें और कहे, 'तुम मुझे छोडकर न जाना, मै तुम्हे नही छोडूंगा।' कुछ शास्त्रो का मत है कि गार्हपत्य आदि अग्नियो की भस्म मुट्ठी में लेकर खाए। चोटी सहित बाल काटकर जनेऊ को 'ॐ भू स्वाहा' कहता हुआ जल मे विसर्जित कर दे। फिर अनशन, जलप्रवेश, अग्निप्रवेश या वीरो की तरह जैसे चाहे, प्राणात करे या किसी बूढे सन्यासी के आश्रम मे रहे। दूध-जल के साथ संन्यासी जो कुछ खाता है, उसी का हवन करे। अमावस्या एवं पूर्णिमा का भोजन क्रमश 'दशयज्ञ' एव प्रौर्णमास है। बसत मे केश, दाढी आदि कटवाना ही उसका अग्निष्टोम है। (3)

'सन्यास लेने पर फिर यज्ञ के लिए अग्नि नही जलाई जाती। केवल आध्यात्मिक मत्रों को पाठ होता है। 'सब जीवो का कल्याण हो', इस भावना से हाथ ऊपर उठाकर प्रपचरहित घूमता रहे। घर का त्याग कर दे। भिक्षा मे जो मिले, उसी मे सतोष करे। किसी स्थान पर क़म ही ठहरे। वर्षा होने पर रुक सकता है। कुंडिका, चमसा, शिक्य, तिपाही आदि पूजा के बर्तनो, जूतो तथा लंगोट के अतिरिक्त वस्त्रों, कुश का आसन, जनेऊ तथा वेदादि के अध्ययन का संन्यासी त्याग कर दे। पवित्र जल से स्नान करे। मदिर या नदी किनारे सोए, अधिक आराम न करे और अधिक परिश्रम भी न करे। प्रशंसा या निदा से प्रसन्न या क्रोधित न हो। आलस्य छोड़ ब्रह्मचर्य से रहे। ज्ञानियो ने स्त्री

को देखना, स्पर्श करना, उसका चितन करना, क्रीड़ा या काम-भोग चितन, इसकी चर्चा, इच्छा तथा समागम, ये आठ प्रकार के मैथुन कहे है। मोक्ष चाहनेवाला या सन्यासी इनका त्याग करके पूर्ण ब्रह्मचर्य से रहे। (4-11)

'प्रकाशमान स्वयं प्रकाशित आत्मा ही विश्व को प्रकाशित करने वाला है। वह स्वच्छ स्वरूप, साक्षी, सबका आत्मा, सबमे स्थित है। मनुष्य को अपने किसी भी कर्म, प्रयत्न या सतान द्वारा ब्रह्म की प्राप्ति नही हो सकती। ब्रह्म अवर्णनीय, सत्य, ज्ञान एव आनंदमय है। ससार अज्ञान और माया है। इसमें व्याप्त ब्रह्म को जाननेवाले की सब इच्छाए पूर्ण होती है। मै ब्रह्म हू, इस प्रकार माया को समझ लेनेवाला ब्रह्म ही बन जाता है। रस्सी को सांप समझने के समान ही ब्रह्म से शब्द, स्पर्श आदि की उत्पत्ति हुई। फिर आकाश से वायु, वायु से अग्नि आदि उपजे। फिर परमात्मा ने पच तत्त्वो से ब्रह्मा की तथा ब्रह्माड मे उनके कर्मो के अनुसार देवता-दैत्य-यक्ष-किन्नर-मनुष्य आदि रचे। सभी प्राणियो के अन्न से बने इस स्थूल शरीर के साथ ही एक प्राणमय आत्मा है, जो इस स्थूल शरीर मे है। इसके भीतर एक सूक्ष्म आनदमय आत्मा है। प्राणमय आत्मा आनदमय आत्मा से तथा आनदमय आत्मा प्राणमय से परिपूर्ण होता है। ये इनके बिना पूर्ण नही है। आनदमय आत्मा मे सर्वव्यापक परिपूर्ण ब्रह्म आत्मा है, किंतु ब्रह्म को पूर्ण करनेवाला कोई नही है, यह स्वय पूर्ण, सत्य, ज्ञानस्वरूप, सबका आश्रय, सार तथा रसमय है। देहधारी केवल इसी को पाकर सुखी होता है। यही सबका आत्मा है, इसके बिना कोई भी जीवित नही रह सकता। सबके चित्त मे रहनेवाला यह अतर्यामी ही दु.खी प्राणियों को आनद देता है। (12-30)

'इस भेदरहित परम तत्त्व को पानेवाला महान योगी देशकाल से परे, सतरूप, परब्रह्म, परम अमृत रूप तथा कल्याणमय बन जाता है। अपने को इससे दूर माननेवाला कभी निर्भय नही बन सकता। छोटे तिनके से विष्णु तक इसी से आ नदित होते है। पूर्ण विरक्त ही इसका स्वय अनुभव करता है। वाणी किसी उद्देश्य को लेकर ही कार्य करती है, परम तत्त्व कारणहीन है, अत वह इसे पाए बिना ही लौट आती है। यह सभी विषयो से शून्य है, अत· शब्दो का विषय नही बन सकता। यह सूक्ष्म तत्त्व सर्वत्र विचरण करता है। नेत्र आदि इद्रियों की शक्ति सीमित है। अत ये उसे नही प्राप्त कर सकती। इस निर्द्वद्व-निर्गुण आदि ब्रह्म को जाननेवाला भयमुक्त हो जाता है। गुरुजनो के उपदेश से इसे जानने वाला अच्छे-बुरे कर्मो से मुक्त होकर तपते सूर्य के समान, ब्रह्म को जान लेता है। वेदात मे प्रत्येक आत्मा के ब्रह्म, ईश्वर चैतन्य, जीव चैतन्य, प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय एव फल, ये सात तत्त्व कहे गए है। यह भेद केवल सुविधा के लिए है। ब्रह्म शुद्ध चैतन्य माया रहित है। माया के कारण ब्रह्म ईश्वर तथा अज्ञान के कारण जीव बनता है। अतःकरण के कारण वह प्रमाता, तदवृत्ति से प्रमाण, अज्ञात चैतन्य से प्रमेय तथा इसका ज्ञान हो जाने पर फल कहलाता है। अपने को उपाधि (अज्ञान) रहित अनुभव करने पर वह ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है। यही वेदात का सार है। अपने कर्मों से प्राण जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है, अन्यथा सब आत्मा ही है। यही रहस्य है।' (31-47)

□

49. कुंडिकोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायतु ममागान वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिंद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषदं माह ब्रह्म निराकरोद निराकरणमस्त्व निराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि सतु।

ॐ शाति शाति शांति ।

मेरे समस्त अग, वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इद्रिया तथा बल पुष्ट हो। यह उपनिषद् ब्रह्मस्वरूप,जानने योग्य है। मै ब्रह्म का निराकरण न करूं,ब्रह्म मेरा निराकरण न करें, हमारा परस्पर अनिराकरण हो। उपनिषदो का धर्म आत्मज्ञान में निरत मुझमे व्याप्त हो। दैहिक (शारीरिक), दैवीय और भौतिक (प्राणियों द्वारा होनेवाला) तीनो प्रकार के ताप-कष्ट शांत हो।

वेदो का अध्ययन करके ब्रह्मचर्य आश्रम की समाप्ति पर जिसे गुरु घर जाने की आज्ञा दे, वह आश्रमी कहलाता है। अनुरूप पत्नी को पाकर शक्ति के अनुसार अग्नि में ब्राह्म यज्ञ का पूजन करें। फिर पुत्रो को सब कुछ सौपकर वन में जाकर भ्रमण करे। वायु, जल या कदमूल का भोजन करे। किसी भी कष्ट मे आंसू न गिराए। यह एक सामान्य नियम है, केवल इसी से कोई सन्यासी नही कहलाता। अत इच्छारहित होकर वर्ण (जाति) एवं अग्नि का त्यागकर संन्यासाश्रम को त्यागकर वानप्रस्थ ग्रहण किया जाता है। जनसाधारण की तरह स्त्री आदि सुखों के त्याग से ही कोई लाभ नही, अन्यथा पुनर्जन्म के भय से, शीत-उष्ण के भय से कोई भी भोगों को नही छोड़ता। छोडने का कारण केवल परम पद को प्राप्त करना ही है। फिर वह हाथ ऊपर उठाकर ब्रह्म का स्मरण, मृत्युजय-जप, मुंडन, भिक्षा आदि मागता हुआ घूमता है। निदिध्यासन, पवित्र व्रत धारण करता है। कमंडलु, चमसा, गुदडी, लंगोट, धोती आदि के सिवा संन्यासी सब वस्तुओं को त्याग दे। (1-10)

संन्यासी नदी-तट पर या मंदिर मे सोए। अधिक सुख या दु:ख से शरीर को कष्ट न दे। स्नानादि से पवित्र रहे। निदा-प्रशसा से संतुष्ट या क्रोधित न हो। भिक्षापात्र या जल, जैसा भी प्राप्त हो ग्रहण करे। इस प्रकार से संयमी बने। आकाश, वायु आदि में व्याप्त ब्रह्म से ही अपने को उत्पन्न हुआ माने अत अपने को उसी के समान अजर, अमर आदि समझे। ब्रह्म एव स्वय के बीच माया की लहरो को उत्पन्न एवं विलीन होती देखे, देह से कोई सबध न समझे। जागृत, स्वप्न आदि अवस्थाओ को व्यर्थ माने। (11-15)

'मै आकाश की तरह अकल्पनीय हूं, सूर्य की तरह अन्य जातियों से भिन्न निश्चल, समुद्र के समान पारहीन, नारायण, नरकातक, पुरारि, अखड आदि गुणोंवाला ईश्वर हू', सन्यासी स्वय को ऐसा ही माने। इस प्रकार प्राण-अपान को संयमित करे। हाथो को गुदा एव अंडकोष के मध्य रखकर जीभ को जो के बराबर बाहर निकालकर दांतों से दबाए, दृष्टि एव कानो को भूमि से स्थापित करे, जिससे शब्द कानों में एव गंध नासिका में न पहुचे। इस प्रकार ब्रह्म का ध्यान करनेवाला ब्रह्म और शिव ही है। पूर्व जन्म के पुण्य से अभ्यास द्वारा ही उसे प्राप्त किया जा सकता है। (16-20)

वायु से नाद सुनना ही हृदय का तप है, यह देह को भेदकर मूर्धा की ओर जाता है। इसके मूर्धा तक पहुंच जाने पर पुनर्जन्म से मुक्ति तथा परम गति प्राप्त होती है। उस सबके साक्षी को साक्ष्यधर्म वैसे ही नही छूते, जैसे घर का दीपक पर और घड़े का खाली स्थान पर प्रभाव नही पडता। मै इसी प्रकार निर्लिप्त, निष्क्रिय, निर्विकार आदि हू। मै आनंदमय निर्विकल्प हूं। चलते रुकते, सोते प्रत्येक अवस्था में मुनि इच्छानुसार रहे। यही उपनिषद् है। (21-30)

□

50. अरण्योपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायतु ममागानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मोपनिषद माहं ब्रह्म निराकरोद् निराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि सतु।

ॐ शांति शाति शाति।

मेरे समस्त अग, वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इद्रिया तथा बल पुष्ट हो। यह उपनिषद् ब्रह्म स्वरूप जानने योग्य है। मै ब्रह्म का निराकरण न करू, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे, हमारा परस्पर अनिराकरण हो। उपनिषदो का धर्म आत्मज्ञान मे निरत मुझमे व्याप्त हो। दैहिक (शारीरिक), दैवीय और भौतिक (प्राणियो द्वारा होनेवाला) तीनो प्रकार के ताप-कष्ट शात हो।

प्रजापति लोक जाकर आरुणि प्रजापति से बोले, 'भगवन, मै सारे कर्मो को कैसे छोडू ? कृपया बताइए।' प्रजापति बोले, 'पुत्र, भाई-बधु, शिखा-जनेऊ, यज्ञ-अध्ययन को छोडकर, भू, भुव, स्व., मह आदि लोको की भी इच्छा न करो। केवल दड, कौपीन (लगोट) और ऊपर ओढने के वस्त्र के अतिरिक्त सभी कुछ त्याग दो। ब्रह्मचारी, गृहस्थ या वानप्रस्थ जो भी हो, जनेऊ को जल मे विसर्जित कर दे। लौकिक अग्नि को उदर की अग्नि मे रखकर वाणी मे गायत्री को रखे। कुटी मे रहनेवाला ब्रह्मचारी कुटुब, पात्र, पवित्री आदि को त्याग दे। दड, अग्नि, मंत्र, मन की चंचलता को भी त्यागकर औषधि के समान भोजन करे, तीनो सध्याओ मे स्नान करे, संधि के समय समाधि ले तथा ब्रह्म के सूचक अतसूत्र को धारण कर बाहरी सूत्र (जनेऊ) को भी त्याग दे। (1-2)

'मैंने संन्यास ले लिया है', ऐसा तीन बार कहे। 'सभी प्राणी मुझसे निर्भय रहे', इस मत्र से दड धारण करे। दवा के समान खाकर जो कुछ भी मिले उसी मे सतोष करे। ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और सत्य का यत्नपूर्वक पालन करे। परिव्राजक परमहस की तरह भूमि मे सोए। मिट्टी या लकडी का बर्तन रखे। काम, क्रोध आदि को त्याग दे। वर्षा ऋतु में एक स्थान पर रहे, शेष आठों महीने घूमता रहे। पिता, पुत्र या पत्नी को त्याग दे। हाथ या उदर रूपी पात्र को लेकर भिक्षा हेतु गाव मे जाने पर तीन बार 'ओम हि' कहे। जनेऊ के बाद श्रेष्ठ ज्ञानी पलाश, बेल, गूलर आदि की पत्तियो, दड एव मूछ के कमरबंध को भी त्याग देता है। भगवान विष्णु के परम व्योम मे स्थित सूर्य के समान प्रकाशित लोक के ऐसे ज्ञानी सदा दर्शन करते है। निष्काम उपासक उसे प्राप्त कर लेते है। यही निर्वाण का उपदेश है, वेदों का मार्ग है तथा वेदों की शिक्षा है।

□

51. संन्यासोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायंतु ममगानि वावप्राणचक्षुष. श्रोत्रमथो बलमिंद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिषद माहं ब्रह्म निराकरोद् निराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि सतु।

ॐ शांति शांति शांति ।

मेरे समस्त अंग, वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इंद्रिया तथा बल पुष्ट हो। यह उपनिषद ब्रह्मस्वरूप, जानने योग्य है। मै ब्रह्म का निराकरण न करूं, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे, हमारा परस्पर अनिराकरण हो। उपनिषदो का धर्म आत्मज्ञान मे निरत मुझमें व्याप्त हो। दैहिक (शारीरिक) दैवीय और भौतिक (प्राणियो द्वारा होनेवाला) तीनो प्रकार के ताप-कष्ट शात हो।

सन्यास उपनिषद इस प्रकार है—क्रम से संसार को त्यागकर व्यक्ति सन्यासी बनता है। संन्यास क्या है ? कैसे ग्रहण किया जाता है ? इनका उत्तर इस प्रकार है—माता-पिता, पुत्र आदि की अनुमति मिलने पर यज्ञ करानेवाले ऋत्विज को प्रणाम करके वैश्वानर यज्ञ करे। समस्त सम्पति दान कर दे, ऋत्विज यज्ञ पात्रो को भी हवन कर दे। प्राण, अपान आदि को आरोपित कर केशो आदि का मुडन कर दे। पुत्र से 'तू यज्ञ है' कहे, पुत्र न हो तो स्वय से कहे। फिर पूर्व या उत्तर दिशा मे चल पड़े। चारो वर्णो से भिक्षा ले। हाथ को ही पात्र मानकर भिक्षा ले। दवा के समान भोजन करे, जिससे मोटापा न बढे। शरीर को दुबला करता हुआ गाव में एक तथा नगर मे पाच रात्रि तक रुके या पक्ष को ही मास समझकर दो मास तक रहे। फटे वसत्र या पेड़ो की छाल पहने। वर्षा ऋतु मे एक ही जगह रुक जाए। इस प्रकार का क्लेश ही तप है। इस प्रकार के संन्यासी के लिए ध्यान ही जनेऊ, ज्ञान ही शिखा, जलाशय ही पात्र और उनका तट निवास-स्थान है। उसके लिए रात-दिन समान है, अर्थात् सदा दिन ही है, अत उसे आचमन, जनेऊ आदि की आवश्यकता नही है। (1)

सन्यासी चालीस संस्कारोंवाला, पूर्ण विरक्त, शुद्ध चित्त, काम, क्रोध आदि से रहित, धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष से संपन्न होता है। निश्चय करने पर भी संन्यास न लेने पर कृच्छ्र व्रत करके फिर सन्यास लिया जा सकता है। सन्यास से गिर जानेवाला, पतित को दीक्षा देनेवाला तथा सन्याम ग्रहण करने में विघ्न डालनेवाला, ये सभी पतित (गिरे हुए) है, पतित्र, स्त्रैण (स्त्री के स्वभाववाला), अंगहीन, बहरा, बालक, गूगा, पाखडी, चक्री, लिंगी, ब्राह्मणत्व से पतित ब्राह्मण, घरेलू नौकर, वेतन लेनेवाला अध्यापक, अग्निहोत्र रहित ब्राह्मण, नास्तिक तथा वैरागी सन्याम योग्य नही है। सन्यास ले भी लें, तो उपदेश देने के अधिकारी नही हैं। पतित, संन्यासी, खराब नाखूनवाला, मैले दातवाला, क्षय रोगवाला, विकलाग, एकाएक वैराग्य होनेवाला, महापापी, सस्कारहीन और बदनाम लोगो को सन्याम की दीक्षा न दें। व्रत, तप, दान आदि से हीन लोगों को भी सन्याम न दें। यदि ये चाहें तो, आतुर सन्यासी बन मकते है। 'ओम भू स्वाहा' कहकर शिखा का तथा 'यशो बल ' कहकर जनेऊ

को त्याग दें। 'ओं स्वाहा' कहकर कटि सूत्र (कमर का तागा) एव वस्त्रो का परित्याग करे। फिर 'मैने सन्यास ले लिया है' ऐसा तीन बार कहे। संन्यासी द्विज को देखकर सूर्य भी 'यह मेरे मडल को भेदकर परम ब्रह्म में जा रहा है, ऐसा सोचकर हिल उठता है। जो ज्ञानी सन्यास लेता है, वह अपनी पीछे की एवं आनेवाली साठ-साठ पीढियों का तारण करता है। वह अपने पैत्रिक एव शारीरिक दोषो को अग्नि में सोने के दोषों के समान जला देता है। 'मित्र, मेरी रक्षा करो' कहता हुआ दंड धारण करे। दड सीधा बिना गाठवाले बास का हो, स्वच्छ, बेदाग हो, कीड़ों का खाया न हो तथा इसकी लबाई नाक, भौह या चोटी तक हो। (2-14)

दड एव आत्मा का सबंध उचित है, अत· संन्यासी एक से दूसरे स्थान तक तीन बार बाण फेके जाने की दूरी से अधिक बिना दड के न जाए। 'जगज्जीव ' मत्र से कमडलु एवं योग पट्ट से सुशोभित होकर सुखपूर्वक चले। धर्म-अधर्म, सत्य-असत्य को त्यागकर फिर इस त्यागनेवाले को भी त्याग दे। वैराग्य, ज्ञान, ज्ञान-वैराग्य और कर्म सन्यासी, सन्यासी के ये चार भेद होते है। देखे-सुने विषयो के प्रति पूर्व जन्म के कर्मो से वैराग्य होने पर बना सन्यासी वैराग्य सन्यासी है। शास्त्र ज्ञान से भले-बुरे को विचारकर देह, शास्त्र एवं लोक की इच्छा को त्यागकर ससार प्रपच को वमन के समान समझकर संन्यास ग्रहण करनेवाला ज्ञान सन्यासी है। क्रम से सब अनुभव प्राप्त करके ज्ञान एव वैराग को भली-भांति समझकर सन्यास लेनेवाला ज्ञान-वैराग्य सन्यासी है। तीनो आश्रमो का पालन करने पर बिना वैराग्य के सन्यास लेना कर्म सन्यासी होता है। सन्यासी छ प्रकार के होते है—कुटीचक्र, बहूदक, हस परमहंस, तुरीयातीत एव अवधूत। कुटीचक्र शिखा, यज्ञोपवीत, दड, कमडलु, कौपीन, चादर एव कथा धारण करता हुआ माता-पिता एव गुरु की आराधना करनेवाला वटलोई, कुदाल, छीका रखनेवाला, एक स्थान पर भोजन करनेवाला, सफेद खडा त्रिपुड धारण करनेवाला और तीन दड धारण करनेवाला होता है। बहूदक भी ऐसा ही होता है, किंतु उसका भोजन केवल आठ कौर का होता है। (15-25)

हस जटाओवाला, त्रिपुड या खड़ा तिलक लगानेवाला, इधर-उधर मांगकर खानेवाला तथा केवल एक कौपीन पहननेवाला होता है। परमहंस शिखा-जनेऊ रहित, पाच घरो से हाथ मे ही मांगकर खानेवाला, एक चादर, एक दंड, एक कौपीन अथवा केवल चादर से शरीर ढकनेवाला होता है। तुरीयातीत गाय की तरह केवल तीन घरों से अन्न-फल खानेवाला तथा शरीर को मृत जैसा मानकर नगा रहनेवाला होता है। अवधूत नियमहीन, केवल पतितों को छोडकर सभी वर्णो के यहा अजगर की तरह खाने वाला होता है। वह केवल आत्मा की खोज में रहता है। यह वक्ष आदि मुझसे भिन्न है। दिखाई पडनेवाली वस्तुए जड है, मै विभु काल की कल्पना तथा शीघ्र ब्रह्म मे लय होनेवाला हू।' यही उसके विचार होते है। (26-30)

मै कान द्वारा कल्पित अचेतन शून्य शब्द नही हूं। नाश होनेवाली त्वचा द्वारा स्पर्श भी नही हू, स्पर्श जड है। रसभोग जीभ का विषयरस भी नही हू। दृश्य एव दर्शन मे क्षण-भर मे लीन होनेवाला रूप भी नही हू। गंध भी नासिका को जड कल्पना है; मै गंध भी नही हू। इस प्रकार मै इद्रियों का विषय भी नही हू। मैं निर्मल, शांत, प्रपंच रहित, शुद्ध चैतन्य और उससे भी बढकर हू। मैं सबके बाहर-भीतर व्याप्त निष्फल, निर्विकल्प, चिदाभास हू। मेरे कारण ही घड़े-वस्त्र से लेकर

सूर्य तक तेज युक्त है। मेरे आतरिक प्रकाश से ही इंद्रियां काम करती है। यह दृष्टि अनत आनद का भोग करनेवाली तथा अन्य दृष्टियो को जीतनेवाली है। यह मुक्त सभी भावनाओं मे स्थायी रहता है। इस प्रत्येक आत्मा को नमस्कार। निष्कल-अकल्पनीय चित शक्ति ही इन विचित्र, स्वच्छ एव समान भाववाली शक्तियो को प्रकट करती है। यह तीनों कालो मे सर्वाधिक शक्तिशाली एव बंधनरहित है। यह अवर्णनीय, शाश्वत एवं आत्मा के समान शेष रहनेवाली है। इच्छा-अनिच्छा युक्तो मे रहनेवाली यह शक्ति मैली पख बंधे पक्षी के समान उडने मे असमर्थ है। ईर्ष्या एव इच्छा के द्वद्व से प्राणी मोह रूप पृथ्वी के गर्त मे गिरे कीटो के समान है। (31-46)

अचितनीय चिदात्मा को और मुझे नमस्कार। मै विकल्पहीन बुद्धि रूप उदय होनेवाला आदि जो भी हूं, मुझे नमस्कार। हे अनंत ईश्वर ! तू रुकने पर भी रुका नही है, चलने पर भी जाता हुआ नही है, तू परमेश्वर है; मै शिव हूं, तू शात रहने पर भी काम करता है और कार्य करने पर भी इसमे लिप्त नही होता। इस प्रकार के तुझे तथा मुझे दोनों को नमस्कार। यह ईश्वर सदा सुलभ, सगो की तरह चतुर तथा शरीर कमल मे भंवरे की तरह रहने वाला है। इच्छा एव भोगो से मुझे कुछ नही करना है। जिसे आना है आए, जिसे जाना है जाए। मन, अहंकार एवं भाव का नाश हो जाने पर मै केवल शुद्ध रूप में हूं। मेरा शत्रु कोई कैसे हो सकता है ? मेरे शरीर की अहकार रूपी चिडिया इच्छा रूपी रस्सी को काटकर न जाने कहां उड़ गई है। जो अपने को कार्य करनेवाला (कर्ता) नही समझता, जिसकी बुद्धि लिप्त नही होती और जो सबको समान समझता है उसी का जीवन उचित है। (46-55)

जिसका अतःकरण शीतल एव राग-द्वेषहीन है, जो जगत को साक्षी के समान देखता है, जिसे ज्ञान प्राप्त हो गया है, जिसने उचित-अनुचित का ध्यान छोड दिया है तथा जिसका चित, चित्त मे ही जुड गया है, ऐसे व्यक्ति का जीवन ही सुंदर है। ग्राह्य-ग्राहक सबध नष्ट होने पर मिलनेवाली शाति ही मोक्ष है। जैसे भुना हुआ बीज नही जमता, वैसे ही जीवन मुक्त का हृदय शुद्ध हो जाता है। तब वह पवित्र, उदार, शुद्ध, सत्त्व होकर ध्यानयुक्त और नित्य मे स्थित होता है। चित्तहीन चेतन ही आत्मचेतन कहलाता है। मन रहित होने पर दोष शात होते हैं। यही सब जानना ज्ञान एव तृप्ति है। बोलने, आदान-प्रदान करने, आखें खोलने पर भी मै मनन करने योग्य आनदमय आत्मा हू। सवेद्य (जानने योग्य) मन को इच्छारहित करके आशा के बंधन को काटकर अब मै ज्ञान रूप हू। शुभ-अशुभ, इष्ट-अनिष्ट सकल्पों एवं भावों से रहित अब मै निरामय एव ज्ञान ही हूं। (56-65)

राग-द्वेष हीन होकर मै विभागहीन जगत में वज्र स्तंभ के समान आत्मा के सहारे हू। मै निर्मल एवं इच्छा रहित दशा में प्रयत्न, हेय, उपादेय आदि भावना से रहित स्थित हूं। मै कब निर्विकल्पक समाधि में निश्चल शिला जैसा बनूंगा ? कब संतुष्ट होऊंगा ? कब स्वय प्रकाश पद मिलेगा ? कब पर्वत गुफा में शांत होकर मनन करूगा ? और कब उस ब्रह्म के ध्यान में लीन होने पर कोयले मेरे माथे में घोसला लगाएंगी ? सकल्प तृष्णा के वृक्ष-लताओं को काटकर मन के मैदान में प्रसन्नता से घूमता हूं तथा परमपद मिलने पर कैवल्य रूप अपना ही नाम जपता हूं। अब मै निर्वाण, निर्मल, निरश, स्वच्छ, विजेता, सत्य एव ज्ञानरूप हो गया हूं। आनंद, इद्रिय शमन, सदा प्रसन्नता, पूर्णता, उदारता, शोभा तथा अद्वैत की भावना करता हुआ सन्यासी अपने रूप मे स्थित रहकर निर्विकल्प

रूप को जानकर निर्विकल्पक बना रहे । जीवित रहने पर आतुर संन्यासी क्रम सन्यास ले । नीच स्त्री, पतित और रजस्वला से वार्तालाप न करे । देवता-पूजन न देखे, यह सन्यासी का कार्य नही है । आतुर,कुटीचक्र,बहूदक,हस एवं परमहस को क्रमश· भू, भुव ,स्व ,तप एव सत्य लोक मिलता है । तुरीयातीत एव अवधूत अपने स्वरूप को खोजते हुए कैवल्य पाते है । अपने को जानने के प्रयत्न के अतिरिक्त कार्य सन्यासी के लिए ऊट को केसर लगाने के समान व्यर्थ है । योग,साख्य,मत्र-तत्र आदि सन्यासी के लिए वर्जित है । ऐसे कार्य करना शव पर अलकार लगाने के समान सन्यास के विरुद्ध है । उसके लिए नाम कीर्तन मे भाग लेना भी मना है । जो कर्म किया जाता है,उसका फल भी मिलता है । वह अडी के फेन के समान सब कुछ त्याग दे । देवता का प्रसाद लेना या किसी देवता की पूजा भी न करे । (66-75)

अपने अतिरिक्त सब कुछ त्यागकर उसे हाथ या मुह से मधुकरी (भिक्षा) ग्रहण करके जीवन यापन करना चाहिए । शरीर मे चर्बी न बढे,इसके लिए घूमते रहना । आधा पेट भोजन और एक चौथाई जल पीकर शेष पेट वायु के लिए खाली रहना चाहिए । एक ही घर से लगातार न खाए । श्रद्धा से उसकी प्रतीक्षा करनेवालो के घर से ही भिक्षा यथासभव प्राप्त करे । पाच-सात घरो से भिक्षा पाने के लिए गाय दुहने तक के समय तक प्रतीक्षा करे । एक घर मे दोबारा न जाए । रात को उपवास उचित है । बिना मागे मिली भिक्षा श्रेष्ठ है । इसके लिए घर मे दाएं-बाए मार्ग से न जाए । निर्दोष घरो को न छोडे । वेद न जाननेवाले,श्रद्धाहीन और सस्कारहीन के घर से न मागे । श्रद्धालु सस्कारहीन के घर से ग्रहण कर ले । भिक्षा पाच प्रकार की होती है, असकल्पित, प्राक्प्रणीत, अयाचित,तात्कालिक तथा उपपन्न । बिना विचार किए तीन,पांच या सात घरो से मधुमक्खी के समान भिक्षा लेना असंकल्पित मधुकरी है । पहले दिन या प्रात किसी के द्वारा प्रार्थना करने पर उससे भिक्षा लेना प्राक्प्रणीत है, चलते-फिरते कोई निमत्रण दे, तो यह अयाचित है, जाते ही कोई ब्राह्मण भोजन कराने का आग्रह करे,तो तात्कालिक तथा यदि वह तैयार भोजन लाए तो इसे उपपन्न मधुकरी कहते है । (76-88)

सन्यासी म्लेच्छ से भी भिक्षा ले,किंतु बृहस्पति के घर से लगातार न ले । वह याचित या अयाचित भिक्षा से ही जीवनयापन करे । वायु सभी को स्पर्श करता है,अग्नि जला देता है और जल में लोग गंदगी कर देते है,किंतु ये उससे अपवित्र नही होते । इसी तरह संन्यासी भी दोषो से दूषित नही होता । धुआ एव मूसल की ध्वनिहीन जगह पर,जहा आग बुझ जाए और लोग भोजन करते हों,वहां दोपहर बाद भिक्षा मांगे । आपत्तिकाल में नीच एव पाखंडी को छोडकर चारो वर्णो से भिक्षा ले सकता है । उसके लिए घी,शहद,तेल लहसुन युक्त और उड़द के पकवान तथा दूध क्रमश कुत्ते के मूत्र के,शराब के,सुअर के पेशाब के,गोमांस के तथा मूत्र के समान है । अत इन्हे कभी न खाए । हाथ ही उसका बर्तन है,अत उसी में भोजन करे । इसी प्रकार एक दिन में एक ही बार भोजन करे । गाय के समान भोजन करने से समानता की भावना के बाद अमरता मिलती है । (89-96)

वह घी,एकत्रित अन्न,सुगंधित उबटन,नमक,वस्त्र,तेल,मालिश,हसी-मजाक,घमड,परिचित घर की भिक्षा,स्त्री,राजधानी और एक ही घर के भोजन को क्रमश खून (रक्त),मास,गदी वस्तु, अस्पर्श्य,जूठे बर्तन,स्त्री-सहवास,मूत्र,गोमांस,चाडाल,सर्पिणी,कालकूट विष,श्मशान,कुंभीपाक

नरक तथा शव के समान त्याग दे । देवपूजन न करे । सांसारिकता को त्यागकर जीवन्मुक्त वने । आसन, पात्र लोप, इकट्ठा करना, शिष्य बनाना, दिन में सोना तथा व्यर्थ बोलना, ये छ सन्यासियो के लिए पाप है । वर्षा काल के अलावा कही अधिक रुकना आसन है, कहे गए सामान से अधिक रखना सग्रह है, इनमे से किसी के खो जाने पर दूसरा लेना पात्र लोप है तथा एक दड के साथ दूसरा लेना परिग्रह है । साथ ही आगे के लिए रखना संचय, सेवा-पूजा-यश के लिए प्रयत्न करना परिग्रह और स्वयं आत्मकल्याण के लिए आए हुए व्यक्ति के अतिरिक्त को शिष्य बनाना शिष्य— सग्रह है । उसके लिए विद्या प्रकाशमय दिन तथा अविद्या रात्रि है । विद्याभ्यास मे आलस्य दिन में सोना है । आध्यात्मिक चर्चा और भिक्षा के लिए बोलने के अलावा बोलना व्यर्थ का वार्तालाप है । घमड, मात्सर्य, गंध, पुष्प, आभूषण, पान, तेल, क्रीड़ा, भोगो की इच्छा, रसायन, प्रशंसा, निदा, कुशल प्रश्न क्रय-विक्रय, क्रिया-कर्म, वाद-विवाद, गुरु का कहना न मानना, संधि-विग्रह की वाते, पलंग, सफेद वस्त्र, वीर्य पात, दिन मे निद्रा, भिक्षा का बर्तन रखना, स्वर्ण, विष, शास्त्र, हिसा, क्रोध एव मैथुन वर्जित है । उसके लिए गृहस्थियो के कर्म, गोत्र का विचार, माता-पिता की संपत्ति आदि लेना मना हैं । इन्हे लेने से नीच गति मिलती है । विद्वान सन्यासी वृद्धा का भी विश्वास न करे, क्योंकि जीर्ण कथा (गुदडी) में जीर्ण कपड़ा ही लगता है । चल-अचल, बीज, स्वर्ण, विष एवं हथियारो को मल-मूत्र समझकर कभी सचित न करे । (97-110)

केवल आपत्तिकाल मे मार्ग के लिए रखने के अलावा संन्यासी को कुछ भी पास में नही रखना चाहिए । अन्न न मिलने पर पका अन्न ले सकता है । सुंदर युवक संन्यासी कभी किसी के घर मे न रहे । दूसरे के लिए मांगना या कुछ देना मना है । सबके कल्याण के लिए विनम्र आचरण करे । पका या बिना पका मांगने से अधोगति मिलती है । खाने के लालची तथा ऊनी या सूती या रेशमी किसी भी वस्त्र को ग्रहण करने से उसका पतन होता है । उसे अद्वैतरूपी नाव में बैठकर जीवन्मुक्त अवस्था प्राप्त करनी चाहिए । वाणी, शरीर तथा मन को दंड देने के लिए क्रमश मौन धारण, उण्वास तथा प्राणायाम करे । कर्म से वधन तथा विद्या से मुक्ति मिलती है, अत सन्यासी कर्म से पृथक रहते हे । गलियों मे वस्त्र, सब जगह भिक्षा तथा सोने को विस्तृत भूमि की पलग मिल जाती है, तव वे दु खी कैसे रहेगे । समस्त प्रपंच को ज्ञान की अग्नि में जला दे । आत्मा में अग्नि को रखनेवाला महान अग्निहोत्री है । मार्जारी एवं वानरी दो प्रवृत्तियां है । ज्ञान के अभ्यासवालो की मुख्य प्रवृत्ति मार्जारी तथा सहायक वानरी है । विना पूछे और अन्यायी प्रश्न पूछने पर भी न वोले । ऐसे समय मे सव कुछ जानता हुआ भी मूर्ख जैसा वन जाए । पाप का प्रसग होने पर वारह हजार तारक मत्र का जप करके पाप को काट दे । प्रतिदिन वारह हजार प्रणव जप से वारह मास में ही परम ब्रह्म मे साक्षात्कार होता है । (111-116)

□

52. नारद परिव्राजकोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्र पश्येमातक्षिर्भियर्जत्रा
स्थिरेरगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्ताक्ष्यों अरिष्टनेमि स्वस्ति नी बृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति शाति शाति ।

हम कानो से कल्याणमय वचन सुने, नेत्रो से कल्याणमय चीजो को देखे और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे। इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करे। अमगलनाशक गरुड और बृहस्पति हमारा कल्याण करे। दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दु ख शात हो।

प्रथम उपदेश

एक बार परिव्राजको (सन्यासियो) मे श्रेष्ठ नारद सब लोको मे संचार करते हुए पुण्य स्थलो, तीर्थो को पवित्र करते हुए चित्त-शुद्धि प्राप्त करके निर्वैर-शात- दानपूर्ण-विरक्त होकर अपने स्वरूप का अनुसधान करते हुए सयम-नियम से आनदमय और मुनियो के आश्रय स्थान नैमिषारण्य पहुचे। इस पुण्य स्थल को देखकर वीणा के द्वारा 'स-रे-ग-म-प-ध-नि' स्वरो से वैराग्य की स्वर झकार निकल रही थी। सासारिकता से दूर उनकी हरिकथा को सुनकर स्थावर (वृक्ष आदि) और जंगम (चलनेवाले प्राणी) सभी मनुष्य आनदित हुए। उनका भक्तिमय सगीत पशु, मनुष्य, देवता, गधर्व, किन्नर, अप्सरा सभी को आकर्षित कर रहा था। भगवदभक्त ब्रह्मा के पुत्र नारद को देखकर वहा हो रहे बारह वर्षीय 'सत्र यज्ञ' में उपस्थित वेद्रज्ञ, सर्वज्ञ, तपस्वी और ज्ञान-वैराग्य-सपन्न शौनक आदि महर्षि उठ खडे हुए और उन्होने नारद का यथोचित सत्कार करके उन्हे एक आसन पर बैठाया तथा स्वय भी बैठ गए। तब उन ऋषियों ने उनसे कहा, 'भगवन ! मुक्ति का क्या उपाय है ? कृपया हमें बताए।' (1)

तब नारद बोले, 'उच्च कुल में उत्पन्न होकर उचित विधि ले उपनयन सस्कार करके चौबीस सस्कारों से सपन्न गुरु के आश्रम मे अपनी शाखा के अनुसार सभी विद्याए पढकर बारह वर्ष ब्रह्मचर्य आश्रम में रहकर पच्चीस वर्ष तक गृहस्थ जीवन बिताएं और फिर 25 वर्ष वानप्रस्थ मे रहे और नियम पालन सही रूप में करे। विद्वानो ने इन तीनों आश्रमो को क्रमश चार, छ और चार प्रकार का कहा है। इनका नियमपूर्वक पालन करे। फिर धर्म, अर्थ, काम एव मोक्ष इन चारो माधनो से सपन्न होकर सपूर्ण संसार से ऊपर उठकर मन, वाणी और कर्म से सभी आशाओ को त्यागकर वासना एव इच्छा को भी त्याग दे। किसी के प्रति वैर न रखकर, शांत तथा इद्रियो का दमन करके

संन्यास लेकर अबाध रूप मे आत्मा का ध्यान करते हुए देह त्याग करने से निसदेह व्यक्ति मुक्त होता है।' (2)

द्वितीय उपदेश

शौनक आदि ऋषियो ने नारद से फिर कहा, 'कृपया हमे सन्यास की विधि समझाइए।' इस प्रकार उन्हे देखते हुए नारदजी बोले कि इसे पितामह ब्रह्मा के मुख से सुनना उचित होगा। अत 'सत्र यज्ञ' के पूर्ण होने पर वह उन सबको साथ लेकर ब्रह्मलोक गए। ब्रह्मा के प्रति विधिपूर्वक निष्ठा दिखाकर प्रणाम कर स्नान से पवित्र होकर उन्हे अपने साथ बैठाकर नारद ब्रह्मा से बोले, 'आप पिता, गुरु, सब विद्याओ के रहस्य को जाननेवाले और सर्वज्ञ है। अत मेरे एक रहस्य के बारे मे बताइए। आपके अलावा मेरे प्रश्न का उत्तर और कौन दे सकता है? यदि आप कृपा करे, तो सन्यास के स्वरूप एव क्रम को समझाइए। ब्रह्मा चारो ओर देखते हुए क्षण-भर के लिए आखे बद कर समाधिस्थ हो सांसारिक दु खो से मुक्ति का उपाय सोचने लगे। फिर आखे खोल नारद को देखकर कहा, 'प्राचीन काल मे पुरुष सूक्त एव उपनिषदो मे कहा गया गूढ रहस्य, जो विराट पुरुष ने मुझे उपदेश मे दिया था, वही तुम्हे बताता हू। इस रहस्य क्रम को ध्यान लगाकर सुनो।

'नारद! माता-पिता के आज्ञाकारी बालक का यदि उपनयन न हुआ हो, तो पहले इस सस्कार को करे। फिर वह किसी उच्च कुलीन विद्वान गुरु के आश्रम मे जाकर विनम्र भाव से प्रणाम करके अपनी इच्छा बताए। बारह वर्ष तक गुरु-सेवा सहित विद्याओ का अभ्यास करे। फिर अध्ययन पूर्ण होने पर गुरु की आज्ञा से अनुरूप कन्या से विवाह करे। पच्चीस वर्ष तक गृहस्थ धर्म का पालन करे। वश चलाने के लिए पुत्र उत्पन्न करे। फिर सन्यासी के रूप में अगले पच्चीस वर्ष बिताए। दिन मे तीन बार स्नान तथा चौथे प्रहर एक बार भोजन करे। ग्राम-नगर के परिचित मार्गो को त्यागकर एकात वन मे रहे। स्वय उपजे हुए चावलो को एकत्र कर आश्रम के धार्मिक कार्य करे। लोक-परलोक से वैराग्य ले ले। चालीस सस्कारो से पवित्र होकर आशा, असूया आदि का त्याग कर दे। तब चालीस सस्कारो से पवित्र होकर ही सन्यास लेने का अधिकारी होता है।'

तृतीय उपदेश

नारद बोले, 'सन्यास कैसे और किसके द्वारा लिया जाता है, कृपया बताए।' ब्रह्मा ने कहा, 'पहले संन्यास का अधिकारी कौन है? इसी पर प्रकाश डालता हू। अगहीन, नपुसक, पतित, म्लेच्छ, बहरे, गूगे, बच्चे, पाखडी, चक्री, लिगी, वैतानिक अध्यापक आदि विरक्त होने पर भी सन्यास के अधिकारी नही है, यदि सन्यास ग्रहण भी कर ले, तो महावाक्यो का उपदेश ग्रहण नही कर सकते। पहले से ही सन्यास के अनुकूल आचरण करनेवाला ही इसे ग्रहण कर सकता है, क्योकि किसी से न डरनेवाला और किसी को न डरानेवाला ही स्मृतियों के अनुसार सन्यास ले सकता है। नपुसक, अगहीन आदि सन्यास लेने पर केवल आतुर सन्यासी ही हो सकते है, किंतु क्रम सन्यास नहीं। (2-4)

'आतुर सन्यास का समय प्राण निकलते समय आतुर सन्यास लिया जाता है। ठीक समय

पर प्राप्त हो जाने पर यह भी मुक्ति देता है। इसे भी मत्रो सहित विधिपूर्वक ले। नियमो एव मत्रो में इसमे और संन्यास मे कोई अतर नही है। सभी कर्म मत्र युक्त होते है, अत मत्र-त्याग न करे। बिना मत्र का कर्म बुझी हुई आग मे आहुति डालने के समान है। नियमपूर्वक मत्रो को पढने पर ही कर्म संन्यास की प्रक्रिया पूरी होती है। अग्निहोत्री को विदेश मे वैराग्य होने पर वह जल मे प्राजापत्य करे और सन्यास ले। यह कर्म वह मन से, विधि सहित मत्रोच्चारण से या वैदिक रीति से करे, तभी सन्यास ले, अन्यथा वह धर्मच्युत हो जाएगा। पदार्थो से पूर्ण वैराग्य होने पर ही सन्यास का विचार करे। थोडा-सा भी अनुराग मन मे हो, तो घर को त्यागे। अन्यथा पंतन होने पर नरक मिलता है। जिसकी इद्रियां वश मे हो या जो ब्रह्मचारी ब्राह्मण हो, ये तथा पूर्ण वैराग्य होने पर अविवाहित भी सन्यास ले सकते है। कर्म प्रवृत्ति एव ज्ञान सन्यास का लक्षण है, अत ज्ञान के लिए ही सन्यास लेना चाहिए। (5-16)

'परमतत्त्व सनातन ब्रह्म का ज्ञान होने पर यज्ञोपवीत एव शिखा त्यागकर दंड ग्रहण करे। सब पदार्थो से वैराग्य और परमात्मा से पूर्ण अनुराग होने पर ही भिक्षा का अन्न खाया जा सकता है। आदर मिलने पर होनेवाली प्रसन्नता पिटने पर भी बनी रहे, तभी भिक्षु बनने का अधिकारी होता है। 'मै ही अद्वितीय बह्म हू,' ऐसी भावना होने पर ही भिक्षुक कहलाता है। जिसमे शक्ति, दमन, सयम आदि हो एव जो मन, वाणी और कर्म से ईर्ष्या भाव न रखे, वही सन्यासी है। इस प्रकार का आचरण करता हुआ एक आसन से उपनिषदो को सुनता हुआ तथा ब्रह्मचर्यपूर्वक अध्ययन करके ऋषि ऋण से मुक्त होकर ही सन्यास ले। धैर्य, क्षमा, दमन, अस्तेय, पवित्रता, इद्रिय, सयम, बुद्धि, विद्या, सत्य और क्रोध न करना, ये दस धर्म के लक्षण हैं। बीते सुखो का स्मरण एव आगे की कल्पना न करनेवाला, इद्रियो एव मन को जीतनेवाला तथा प्राणो के रहने पर भी मृत के समान सुख-दु ख का अनुभव न करनेवाला ही सन्यासी बनने का अधिकारी है। दो कौपीन, एक गुदडी और डडा इससे अधिक का लोभ करनेवाला सन्यासी रौरव नरक मे जाता है और फिर पशु-पक्षियो की योनि मे जाता है। शीत से बचने के लिए फटे वस्त्रो की गुदडी बनाए। एक वस्त्र पहनें या वस्त्रहीन रहे। चचल दृष्टि न हो, अकेला रहे, वर्षा मे ही एक स्थान पर रहे और परिवार, वेदाग एवं जनेऊ भी त्याग दे। अपनी प्रशस्ग न करे। (17-32)

'ममता, काम, क्रोध, राग, द्वेष से दूर रहे। स्वर्ण को मिट्टी-पत्थर समझे। दभ, अहकार का त्याग तथा आत्मज्ञान से ही मोक्ष मिलता है। इद्रियो के वश मे होने से दोष तथा इन्हे वश मे करने से सिद्धि मिलती है। भोगो को भोगने से इच्छाए शात न होकर और अधिक भडकती हैं। मीठे या कटु शब्दो से, स्वादिष्ट या अरुचिकर भोजन से, कोमल या कठोर वस्तु को छूकर, सुदर या असुदर को देखकर और सुगध या दुर्गध को सूघकर जो समान रहता है, वही जितेद्रिय है। मन-वाणी से पवित्र हो वेदों का फल पाते है। विद्वान सम्मान को विष एव अपमान को अमृत के समान समझे। अपमान होने पर मनुष्य सुख से सोता, जागता एव घूमता है, किंतु अपमान करनेवाला नष्ट हो जाता है। नश्वर शरीर के लिए किसी से शत्रुता न करे। कठोर वचनो को सहे। क्रोध करनेवाले से भी क्रोध न करे और गाली देनेवाले को गाली न दे। वाणी दो-दो नाक, कान और आख तथा मुख सात छिद्रों मे सबधित है। इससे झूठ न बोले। सुख की इच्छा होने पर आध्यात्मिक चितन करे। अपनी सहायता

से ही घूमे। इंद्रिय संयम से प्राणियो का कल्याण करे। शरीर अस्थि-मास आदि से बना रोगो का घर है। वीर्य एवं रज से बनने के कारण यह रजस्वल है। पच तत्त्वों का बना यह शरीर त्यागने योग्य है। इससे प्रेम करनेवाला नरक में जाता है। इसमें स्थित अहकार महावीचि नरक देनेवाला है। इसका मल असिपत्र नरक है। यह अश कुत्ता खानेवाली चांडालिनी के समान है। (41-50)

'अपने प्रिय-अप्रिय, सुकर्मो एव दुष्कर्मो को त्यागकर ध्यान योग से ब्रह्म को प्राप्त करे। इस प्रकार धीरे-धीरे आसक्ति को छोड़कर ब्रह्म को प्राप्त करता है। सिद्धि के लिए अकेला ही रहे। प्राप्त सिद्धि को देखकर प्रयास न छोडे। कपाल लकडी का पात्र, वृक्ष-मूल का भोजन, सबके प्रति समानता, सबका कल्याण चाहनेवाला सन्यासी केवल राम को हृदय मे रखकर दड एव कमडलु के साथ भिक्षा के लिए जाए। एक होने पर सन्यासी, दो होने पर जोडा तथा तीन होने पर पूरा नगर ही माना जाता है, अत· अकेला ही रहे; एक से दो न होने दे। नगर, ग्राम या जोडे के रूप मे रहने पर सन्यासी अधर्मी हो जाता है। एक से अधिक होने पर परस्पर राजनीति एवं भिक्षा की बाते होने पर स्नेह, द्वेष आदि उत्पन्न होते है। अत शास्त्रो की आज्ञा है कि अकेला ही रहे। व्यर्थ मे न बोले। नमस्कार का उत्तर 'नारायण' कहकर दे। एकांत मे रहकर मन, वाणी एवं कर्म से ब्रह्म का ही ध्यान करे। मृत्यु या जीवन का स्वागत न करे। आयु पूरी होने तक काल की प्रतीक्षा करे। नपुसक, लूले-लंगडे, बहरे-अधे तथा मूर्ख की तरह रहकर काम-क्रोधादि से दूर रहनेवाला सन्यासी मुक्त होता है ' भोजन के स्वाद को न देखनेवाला तथा अभी उत्पन्न, सोलह वर्षीया या सौ वर्ष की बुढिया को देखकर निर्विकार रहनेवाला षंडक कहलाता है। (51-64)

'केवल शौचादि या भिक्षा के लिए प्रतिदिन एक कोस से अधिक न घूमनेवाला सन्यासी पगु है, चलते या रुकते जो इधर-उधर न देखनेवाला अध, हित-अहित या मनोहर शब्दो को सुनते हुए भी न सुननेवाला बहरा तथा स्वस्थ शरीर होने पर भी विषयो से अनासक्त रहनेवाला मुग्ध (मूर्ख) कहा जाता है। संबंधियों, तमाशा, जुआ, युवती, रजस्वला स्त्री तथा पकवानो को न देखे। राग, द्वेष आदि का मन से भी विचार न करे। स्त्रियो की बातें, सफेद वस्त्र, चटोरपन, दिन मे नींद तथा कोई सवारी उसके लिए पाप है। जहा तक हो, लबी यात्रा न करे। विद्याभ्यास से मुक्ति की चिता करे। तीर्थाटन, अधिक उपवास, अन्य विषयो का अध्ययन तथा व्याख्यान देना भी मना है। पाप, धृष्टता, कुटिलता को त्यागकर इंद्रियो को कछुवे के अगों के समान समेट ले। इस प्रकार हर्ष-शोक से भी दूर होकर नमस्कार एव स्वधा को भी त्यागता हुआ ममता-अहंकारहीन सन्यासी एकात मे रहे और किसी वस्तु की कामना न करे। ऐसा सन्यासी निःसदेह मुक्त हो जाता है। (65-76)

प्रमादरहित तथा त्याग एव भक्ति-ज्ञान सपन्न ब्रह्मचारी गृहस्थ या वानप्रस्थ कोई भी वैराग्य होने पर संन्यास ले सकता है। वैराग्य कम होने और आश्रमों की इच्छा होने पर ब्रह्मचर्य के बाद गृहस्थ आश्रम में, फिर वानप्रस्थ के बाद ही सन्यास ले। ब्रह्मचारी या इससे रहित, स्नातक या अस्नातक, अग्निहोत्र करनेवाला या न करनेवाला, कोई भी वैराग्य होने पर सन्यासी बन जाए। नित्य प्राजापत्य यज्ञ करे या न करे, अथवा आग्नेयी ही करे। अग्नि ही प्राण है। अत इससे वह अपने प्राण को पुष्ट करता है। इस समय त्रैधातवीय कर सकता है। इससे सत्त्व, रजस एव तमस का ही हवन होता है। विधि सहित मंत्र पढकर अग्नि को सूंघे। अग्नि न हो, तो जल मे हवन करे और करे,

'सब देवता जलस्वरूप है, मै उनके लिए हवन करता हू। यह आहुति उन्हे मिले।' फिर उस जल से आचमन करे। घी मिली हवि रोगनाशक है। इसके पश्चात चोटी, जनेऊ, पिता, पुत्र, स्त्री, अध्ययन एव मत्रो को त्याग दे। इससे आत्मज्ञानी संन्यासी हो जाता है। त्रैधातवीय मत्र मोक्ष देनेवाला है, इसी से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करे और सत्य ज्ञानमय है, इसी की उपासना करे। (77-79)

'यज्ञोपवीत त्यागने पर ब्राह्मण कैसे रहेगा?' नारद के इस प्रश्न पर ब्रह्मा कहने लगे—(यह कथन इससे पूर्व परब्रह्मोपनिषद के 'शिखा सहित चोटी काटकर बाह्य सूत्र को त्याग दे' (6-14) इत्यादि मे आ चुका है, अत यहा उल्लेख करना अर्थहीन होगा)। (80-89)

'इस तत्त्व को जानकर ब्राह्मण सन्यासी बने। सिर मुंडाकर, एक ही वस्त्र धारण करता हुआ शारीरिक कष्ट सहे। या पुत्र आदि को त्यागकर स्वाध्याय एव सत्कर्म करता हुआ ब्रह्माड सहित कौपीन, दड, वस्त्र त्याग दे। द्वदो को सहनेवाला सन्यासी शीत-उष्ण, सुख-दु ख, निदा, मान-अपमान इन छ उर्मियो से अलग रहे। निदा, अहकार, काम, क्रोध आदि को भी छोड़ दे। अपने देह को शव समझे। आत्मा के अतिरिक्त किसी भी वस्त्र के स्वाहा, स्वधा, निदा, प्रशसा से कोई प्रयोजन न रखे। भाग्य से जो मिले उसी में संतोष करे। स्वर्ण आदि संग्रह न करे। किसी भी देवता का आह्वान, विसर्जन, मत्र, ध्यान उपासना आदि न करे। एक ही स्थान पर न रहे। छोडे हुए घर, वृक्ष के नीचे, मदिर, झोपडी, कुम्हार का छप्पर, यज्ञशाला, नदी-तट, कछार, गुफा, झरना, चबूतरा, जो भी स्थान मिले वही रह ले। श्वेतकेतु, ऋभु, निदाघ, ऋषभ, दुर्वासा आदि ऋषियो की तरह कोई चिह्न न रखे। दड, झोली, कमडलु सबको 'भू स्वाहा' कहकर जल मे विसर्जित कर दे। (90)

'नग्न होकर रहे। आत्मा को खोजने मे लगा रहे, द्वदो को सहता हुआ, ब्रह्म के मार्ग मे शुद्ध मन से रहे और प्राण-रक्षा के लिए, जो अन्न-जल स्वय मिल जाए, उसे हाथ की ही बर्तन समझकर ग्रहण करे। लाभ, हानि, ममता आदि को त्यागकर केवल आत्मध्यान एव अभ्यास मे लगा रहे। पाप-पुण्य के कर्मो ससे मुक्त रहे। स्वयं को ब्रह्म समझकर केवल उसी का चितन करे। अह-भाव एव सासारिकता से सबंध तोडकर ही शरीर छोडे। इस प्रकार सन्यासी सार्थक होता है। (91-92)

चतुर्थ उपदेश

'ससार वेद, इद्रियों और उनके विषयों के छोड़ने पर आत्मा मे स्थित योगी को परम गति मिलती है। सन्यासी अपने नाम, गोत्र, वर्ण, देश, उम्र, चरित्र, व्रत, ज्ञान आदि की किसी से चर्चा न करे। स्त्री से न बोले, परिचित स्त्री का चित्र देखना मना है। इससे मन मे विचार उठते है, जो भ्रष्टता पैदा करते है। उसके लिए माया-मोह, सग्रह, शिल्प, चिकित्सा करना, दूसरे के घर मे रहना, मत्र प्रयोग, आशीर्वाद देना आदि वर्जित है। अपने मित्र का भी स्वागत न करे और न उसे अपने पास ठहराए। दान न ले और न दिलाए। अपने किसी प्रिय व्यक्ति के शुभ या अशुभ समाचारो से सुखी या दुखी न हो। हर्ष-शोक का पूर्णतया त्याग कर दे। अहिंसा, सत्य, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह आदि का धर्म समझकर पालन करे। निर्द्वद्व, समदर्शी, तुरीय, परमहस सन्यासी साक्षात नारायण होता है। गांव में एक और नगर में पाच रात्रि रहे। वर्षा ऋतु में कही पर भी चार मास रहे। यदि गाव में दो रात्रि रहता है, तो अनुराग उत्पन्न होने से नरक मिलता है। गांव के निर्जन स्थान मे

रहे । कही भी अपने लिए आश्रम न बनाए । आठ महीने कीड़े के समान घूमता रहे । एक ही वस्त्र पहने या नग्न रहे । उसकी दृष्टि चचल न हो, इस पवित्र मार्ग को कलंकित न करे । सदा भूमि की ओर देखे । शून्य, कठिन, भयंकर स्थानों पर भी न घूमे । रात्रि, दोपहर या संध्या को न घूमे । गाव में एक, पत्तन मे तीन, पुर मे दो तथा नगर में पांच रात्रि रहे । बहूदक एव वानप्रस्थ तीन बार तथा हस केवल एक बार स्नान करे । परमहंस के लिए स्नान आदि का कोई भी नियम नही है । (1-22)

'एक दडी सन्यासी के लिए मौन रहना, योग आसन, एकात में रहना, वितिक्षा, निस्पृहता तथा समता, ये सात नियम है । परमहस के लिए केवल चित्तवृत्तियों का त्याग ही उचित है । त्वचा, मास आदि से बने शरीर से भोग करनेवालो और गंदगी के कीड़ों मे कोई अंतर नही है । यह शरीर कफ आदि का घर है, तब इसकी सुदरता का क्या महत्त्व है ? फिर भी मानव घृणित पदार्थो से भरे इस शरीर से प्रेम करता है । वह नरक से भी प्रेम करेगा । स्त्रियों के न कहने योग्य अंगो और सडे फोडे में कोई अतर नही है । फिर भी मनुष्य भ्रम में ठगा जाता है । स्त्रियों का अंग अपान वायु की दुर्गंध से भरा है, उससे भोग करनेवाले मनुष्यों को नमस्कार है । इससे अधिक दु साहस क्या हो सकता है ? सन्यासी के लिए न कोई चिह्न है और न करने योग्य कोई कार्य ही । वह भय, ममता, भोजन की चिता आदि से दूर रहता है । वह एक कौपीन या उसके विना ही ध्यान करे । ज्ञान व्रत से ही व्रह्म भाव तथा मोक्ष प्राप्त होता है । ज्ञान न होने पर चिह्न धारण करना भी व्यर्थ है । सच्चे व्रह्मज्ञानी की इस बात को कोई नही जानता कि वह साधु है, असाधु है, मूर्ख है या विद्वान है । विना चिह्न के केवल ब्रह्म चितन ही करे । इस प्रकार रहे कि लोगों को उसके विषय में कुछ भी पता न चले, सदेह ही बना रहे । इस प्रकार के शांत योगी के दर्शनों की देवता भी इच्छा करते हैं और उसी की तरह व्यवहार करना चाहते है । आत्मा के अतिरिक्त सब कुछ भूल जाने पर ही मोक्ष मिलता है । यही व्रह्म तत्त्व का उपदेश है ।' (23-66)

तब नारद ने पितामह से संन्यास की विधि बताने के लिए निवेदन किया । इस पर पितामह व्रह्मा बोले—आतुर या कर्म-सन्यास लेने से पहले कृच्छ्र व्रत लेकर प्रायश्चित्त करना पडता है और तब देवता, ऋषि, स्वर्गीय मनुष्य, प्राणी, माता-पिता तथा आत्मा इन आठों के लिए श्राद्ध किया जाए । फिर पहले सत्य एवं वसु नाम के विश्वदेवों और वाद में देवश्राद्ध में व्रह्मा, विष्णु एवं महेश का, ऋषि श्राद्ध में देवर्षि, राजर्षि एवं मानव ऋषियों का, दिव्य श्राद्ध में आठ वसुओं, ग्यारह रुद्रों एव वारह आदित्यों का, मानव श्राद्ध में सनक, सनंदन, सनत्कुमार एवं सनत्सुजात का, भूत श्राद्ध में पृथ्वी, आकाश आदि पांच भूतों का, पितृश्राद्ध में पिता, पितामह (दादा) एवं पडदादा का, मातृ श्राद्ध में माता एवं पितामही का तथा आत्म श्राद्ध में अपना, पिता का एवं पितामह का आह्वान (वुलावा) करे । पिता जीवित हों, तो उनका आह्वान नही किया जाता । इन आठों श्राद्धों को एक ही अनुष्ठान का अग वनाए (सवको एक ही अनुष्ठान समझे) । प्रत्येक में दो-दो व्राह्मणों का पूजन करे । आठों श्राद्धो को अलग-अलग करने पर अपनी ही शाखा के मंत्रों से आठ दिन में अथवा एक ही दिन में किए जा सकते है । पितृयोग में वताए गए विधान के अनुसार व्राह्मणो का पूजन आदि करके पिडदान देना चाहिए । फिर दक्षिणा, पान आदि देकर विदा करना चाहिए ।

'शेष कार्यों को सपन्न करने के लिए केवल सात वालों को छोडकर सभी वालो, दाढ़ी-मूछ

सहित नाखूनो को भी काट डाले। आख एवं गुप्त अगो के बाल न काटे। तब स्नान करके सायंकालीन सध्या के समय एक हजार गायत्री मत्र जपे। बाद मे ब्रह्मयज्ञ करके अलग अग्नि की स्थापना करके अपनी शाखा के अनुसार उपसंहार करके घी की आहुति दे। इसके पूर्ण होने पर तीन कौर सत्तू के खाए। आचमन करे। अग्नि मे ईधन देकर काले मृगचर्म पर बैठे। उत्तर की ओर मुख करके पुराण आदि सुनता हुआ रात्रि-भर जागता रहे। पुरुष सूक्त के सोलह मत्रो से आहुतिया दे। विरजा होम, आचमन, दक्षिणा, वस्त्र-गौ-स्वर्णदान करके ब्रह्मा को विसर्जित करे। आधिदैविक अग्नि को आत्मा में प्रतिष्ठित करे। अग्नि का ध्यान प्रदक्षिणा एव नमस्कार के बाद अग्नि को यज्ञशाला में विसर्जित करे। प्रातःकाल की संध्या मे गायत्री का जप एवं सूर्य की स्थापना करे। नाभि तक जल में प्रवेश करके आठो दिक्पालो को अर्घ्य दे। बाद मे गायत्री का विसर्जन तथा सावित्री का व्याहतियो मे प्रवेश कराए। अब अपनी बुद्धि, शरीर, जिह्वा आदि के लिए मगलकामना करता हुआ धन-सपत्ति एव लोक की इच्छा का परित्याग करता हुआ 'ॐ भुव. सन्यस्त मया ' इत्यादि मत्रों को धीमे-ऊचे स्वर मे या मन ही मन उच्चारण करता हुआ पूर्व दिशा मे अंजलि से जल डालकर शिखा को उखाड डाले। फिर इन्ही मत्रो को कहता हुआ वस्त्र और कमर मे बाधे जानेवाले डोरे को भी त्याग दे। 'मैने समस्त कर्म त्याग दिए है,' ऐसा विचार करता हुआ हाथो को ऊपर उठाकर उत्तर की ओर चल दे। (37)

'इसके बाद सन्यासी गुरु से प्रणव (ओम) तथा महावाक्य (तत्त्वमसि, सोह महावाक्य कहे जाते है) उपदेश प्राप्त करके 'कोई भी मुझसे अलग नही है, सभी मुझमें है', ऐसा सोचता हुआ सुख से विचरण करे। फल, पत्तों एव जल का आहार करे। पर्वत, वन, मदिर आदि मे ठहरे। दिगबर (वस्त्रहीन) सन्यासी हो तो केवल आत्मा की अनुभूति को ही अपने हृदय मे रखे। कर्मो से दूर रहना ही लाभदायक है। ऐसा विचार करता हुआ फल, रस, पत्ते, जड आदि से प्राणो को धारण करता हुआ, मोक्ष की इच्छा करता हुआ पर्वतों की गुफा मे देह त्याग करे। यदि ज्ञान-प्राप्ति के लिए सन्यास लिया हो, तो आज्ञा मिलने पर ही किसी गुरु के पास जाकर उससे दड, कमडलु प्रणव तथा महावाक्य का उपदेश ग्रहण करे। दड को ग्रहण करते समय 'सखा मा गोपायौज ' तथा कमडलु लेते समय 'जज्जीवन जीवनाधारभूत ' इन मत्रों का उच्चारण करे। इसी प्रकार कौपीन, चादर आदि भी ग्रहण करे। योगपट्ट मिल जाने पर अपने को धन्य समझता हुआ सन्यासी बनकर घूमे। (38-39)

पंचम उपदेश

'नारद ने अपने पिता ब्रह्मा से पूछा, 'एक ओर आप संन्यास आश्रम को सभी कर्मो से मुक्त कहते हैं तथा दूसरी ओर कहते हैं कि सन्यासी अपने आश्रम के आचरण का उचित पालन करे। इसमे परस्पर विरोध जैसा प्रतीत होता है। कृपया इसका समाधान करें।' इसके उत्तर में ब्रह्मा वोले, 'शरीर धारण किए हुए प्राणी की जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एवं तुरीय, ये चार अवस्थाएं होती है। इन्ही से प्राणी कर्म एवं वैराग्य में प्रवृत्त होता है। सभी को इन अवस्थाओं में आश्रम के अनुसार आचरण करना पडता है।' (1)

'सन्यास के कितने भेद है ? तथा इनके अनुष्ठानों मे क्या अंतर है ?' नारद के इस प्रश्न के उत्तर मे ब्रह्माजी बोले, 'सन्यास के भेद से सन्यासियो का आचरण भी अलग-अलग प्रकार का होता है। वास्तव मे सन्यासी एक ही प्रकार का होता है। यह भेद अज्ञान के कारण, असमर्थता के कारण तथा कर्मलोप के कारण किया जाता है। इस प्रकार इसके चार भेद किए जाते है—वैराग्य, सन्यास, ज्ञान सन्यास, ज्ञान वैराग्य संन्यास तथा कर्म संन्यास। पूर्व जन्म के पुण्यों के कारण काम विकारो के नष्ट हों जाने पर वैराग्य को वैराग्य संन्यास कहते है। शास्त्रों के अध्ययन से अपने अनुभवो के कारण संसार की नश्वरता का ज्ञान होने पर क्रोध, ईर्ष्या, या, पत्नी, धन, सपत्ति आदि सबसे मुक्त हो जाना तथा सभी भोगो को जूठन के समान समझना ज्ञान संन्यास है। सभी शास्त्रों के अध्ययन से तथा कर्म से सभी अनुभवो को प्राप्त करके ज्ञान एवं वैराग्य के कारण आत्मा की खोज मे लग जाना वैराग्य संन्यास कहा जाता है। ब्रह्मचर्य आश्रम के बाद क्रमश गृहस्थ एवं वानप्रस्थ आश्रम को भोगकर सन्यास लेने से कर्म संन्यास होता है तथा ब्रह्मचर्य आश्रम (विद्यार्थी जीवन) के बाद सीधे दिगबर हो जाना वैराग्य सन्यास लेना है। विद्वान संन्यासी को ज्ञान संन्यासी तथा विद्या प्राप्त करने की इच्छावाले को कर्म सन्यासी कहा जाता है। (2-7)

'कर्म सन्यास भी दो प्रकार का होता है—निमित्त कर्म सन्यास तथा अनिमित्त कर्म सन्यास। आतुर संन्यास ही निमित्त सन्यास है और कर्म संन्यास अनिमित्त सन्यास है। रोग, बुढापा आदि कारणों से अशक्त हो जाने पर देहात के समय संन्यास लेना निमित्त संन्यास है। शरीर के स्वस्थ होने पर भी सारे जगत को तथा शरीर को भी नाशवान समझने पर और एकमात्र ब्रह्म को ही सर्वव्यापक एव अविनाशी समझने पर लिया गया संन्यास अनिमित्त सन्यास है। कुटी चक्र, बहूदक हस, परमहंस, तुरीयातीत और अवधूत (आध्यात्मिक उन्नति की दृष्टि से) सन्यासियो के ये छ भेद होते हैं। कुटीचक्र सन्यासी शिखा (चोटी) एवं जनेऊ का परित्याग नही करता। वह दड, कमडलु, कौपीन एव कथा धारण करता हुआ माता-पिता की सेवा करता रहता है, मत्र सिद्धि में लगा रहता है, माथे मे सफेद खड़ा त्रिपुड धारण करता है तथा एक ही स्थान पर भोजन करता है। बहूदक भी कुटीचक्र के समान ही शिखा, जनेऊ एवं त्रिपुंडवाला होता है। सबको समान समझता हुआ अनेक घरों से भिक्षा मागता है और केवल आठ ग्रास (कौर) भोजन करता है। हस सन्यासी खडा त्रिपुड लगाते हैं, कौपीन धारण करते हैं तथा तूंबा रखते है। परमहस शिखा-जनेऊ से रहित होते है। पाच घरों से मागकर केवल रात्रि में भोजन करते हैं तथा हाथ ही उनका वर्तन होता है। अत इन्हें करपात्री (हाथ ही जिसका पात्र है) भी कहते है। वे कौपीन, एक ओढने का कपड़ा तथा वास का डडा रखते हैं। यदि ओढ़ने के लिए कुछ न हो, तो शरीर में भस्म लगा लेते हैं तथा अन्य सब कुछ का त्याग कर देते है। तुरीयातीत संन्यासी गाय के समान जो कुछ भी प्राप्त हो जाए, उसी में सतोष करते है, किसी से कुछ भी नही मागते। अधिकतर फलों का आहार करते है, यदि अन्न का भोजन करना हो तो केवल तीन घरों से लेते है तथा अपने शरीर के अतिरिक्त अपने पास कुछ भी नही रखते। वे दिगबर रहते है और अपनी इंद्रियों को मरे हुए के समान निष्क्रिय कर देते हैं। अवधूत के लिए कोई भी वंधन नही होता। वे कलकित एवं नीच (गिरे हुए) व्यक्ति को छोडकर अन्य सबके घर मे जो कुछ भी मिल जाए, उसे अजगर के समान ग्रहण करते हुए आत्मा के चितन में लगे रहते हैं। (8-17)

'सन्यास लेने के बाद यदि आतुर संन्यासी जीवित रहता है, तो वह कर्म सन्यास लेता है। कुटीचक्र, बहूदक और हंस ब्रह्मचर्य, गृहस्थ एव वानप्रस्थ के बाद संन्यास लेते है। परमहस, तुरीयातीत एव अवधूत, इन तीनो को कटिसूत्र, कौपीन, वस्त्र, कमडलु, दड आदि नही रखने चाहिए। वे सभी वर्णो के यहा से भिक्षा लेते है। वस्त्र, दंड आदि को जल मे बहाकर उन्हे तब तक अध्ययन करते रहना चाहिए, जब तक यह विश्वास न हो जाए कि अब उनका अध्ययन पर्याप्त हो गया है। दिगबर होने पर कौपीन, कथा, अध्ययन, भाषण, प्रणव के अलावा चितन, शब्द शास्त्र, तर्क शास्त्र आदि कुछ भी रखने या पढने की आवश्यकता नही है। वाणी का व्यर्थ में दुरुपयोग न करे। सकेतो से बात करना भी इनके लिए मना है। नीचो, पतितों एव स्त्रियो से कदापि न बोले। रजस्वला स्त्री से भूलकर भी बात न करे। उत्सव देखना, तीर्थों मे जाना तथा देवता पूजन भी दिगबर के लिए मना है। (18-20)

'कुछ विशेष नियम इस प्रकार है कि कुटीचक्र एक स्थान पर ही भिक्षा मांगे, बहूदक जितने चाहे, उतने घरो से मागे, हस केवल आठ घरों से आठ ग्रास मांगे, परमहस केवल पाच घरो से हाथ रूपी बर्तन मे फल आदि का भोजन करे, तुरीयातीत गाय के समान जो भी मिल जाए उसे खा ले तथा अवधूत सभी वर्णो से ले। सन्यासी किसी के भी घर मे एक रात्रि भी न रहे और किसी को नमस्कार न करे। तुरीयातीत और अवधूत मे कोई भी छोटा य बड़ा नही है। जो अपने स्वरूप को नही जानता, वह बडा होने पर भी छोटा ही है। हाथों से तैरकर नदी पार करना, वृक्ष या वाहन मे चढना, खरीदना-बेचना, अदला-बदली घमड या असत्य भाषण, ये कर्म नही करने चाहिए। सन्यासी के लिए यदि कोई कार्य है, तो वह है—केवल चितन करना। आतुर एव कुटीचक्र क्रमश भू एव भुव लोक को तथा बहूदक हस एवं परमहंस क्रमश स्वर्ग, तप एव सत्यलोक और तुरीयातीत एव अवधूत भ्रमर एव कीट के समान सदा आत्मा की खोज मे लगे रहते है, अत वे कैवल्य को प्राप्त करते है। वेदों का यह कथन सत्य है कि प्राण त्याग करते समय जिस भाव का स्मरण किया जाता है, वह वस्तु अगले जन्म में प्राप्त होती है। (21-23)

'इस सबको जान लेने पर आत्मरूप के अतिरिक्त किसी भी विषय मे न लगे। आचरण के अनुसार ही लोको की प्राप्ति भी होती है। ज्ञान एव वैराग्य सपन्न सन्यासी की मुक्ति स्वय मे ही होती है। अपने अनुसार ही सन्यासी को आचरण भी करना चाहिए। शरीर जागृत, स्वप्न एव सुषुप्ति इन तीन अवस्थाओं में रहता है। यही जागृत, स्वप्न एवं सुषुप्ति मे क्रमश विश्व, तेजस एव प्राज्ञ कहलाता है। इन अवस्थाओ के भेदो से साधक के कार्य भेद भी होते हैं। कार्य भेद ही कारण भेद है। चौदह कारणोवाली बाहरी एव भीतरी सभी वृत्तियों का कारण एक ही है। मन, बुद्धि, अहकार एव चित्त, ये चार भीतरी वृत्तिय. है। वृत्तियों के भेद के कारण ही आचरणों मे भी भेद हो जाता है। जागृत, स्वप्न एवं तुरीय अवस्थाओं में विश्व, तेज एव प्राज्ञ क्रमश. नेत्र, कठ एव मूर्धा मे स्थित हो जाते है। 'इन अवस्थाओं को प्रकाशित करनेवाला मैं ही हू और मै तुरीय अक्षर ब्रह्म हू', ऐसा जाननेवाला जागृत अवस्था मे भी सुषुप्ति के समान देखी एवं सुनी बातो को बिना देखी एव बिना सुनी जैसी समझता है। वह स्वप्न अवस्था में भी जागता रहता है। ऐसा ही व्यक्ति जीवन मुक्त कहा जाता है। वेद इसी मुक्ति को बताते है। संन्यासी इस लोक के साथ ही परलोक की इच्छा

भी त्याग देता है, क्योकि इच्छा करने पर फिर वैसा ही बनना पडता है। अपने स्वरूप का चितन छोड़कर अन्य विषयों का चितन करना ऊंट के पीठ में लदे हुए केसर के समान है, जो उसके किसी काम का नही होता। वह योग, साख्य, मत्र आदि के चक्कर में न पड़े; इन्हे शव पर चढाए गए आभूषणो के समान समझे। जैसे चर्मकार चमड़े को उतारकर दूर रख देता है, सन्यासी को ऐसे ही इन सब कर्म विद्याओं से दूर रहना चाहिए। प्रणव का जप भी जोर से नहीं करना चाहिए। कर्मो को रेंडी (अडी) के तेल के झाग के समान त्याग दे। संन्यासी के लिए आत्मचितन ही सब कुछ है। दिगंबर, पागल, मूर्ख या पिशाच के समान जीने या मरने की इच्छा न करे। नौकर द्वारा स्वामी की आज्ञा पालन करने के समान समय की प्रतीक्षा करे कि जब भी समय आएगा, इस शरीर को त्यागकर चल देंगे। (24-26)

'तितिक्षा, ज्ञान, वैराग्य आदि गुणो से हीन केवल भिक्षा मांगनेवाला सन्यासी पेट भरनेवाला ही है। दंड रखने, सिर मुड़ाने या वेश रख लेने से ही मुक्ति नही होती। यह तो पाखड है। ज्ञान का दंड धारण करें, दिखावे के लिए दंड रखने पर अज्ञानी संन्यासी नरक में पडता है तथा प्रतिष्ठा को सूअरी की विष्ठा के समान कहा गया है। अत. इन्हें त्यागकर कीडे के समान घूमते रहना चाहिए। दिगंबर स्वय मिले भोजन को ही खाए तथा दूसरो के कहने पर ही वस्त्र पहने या स्नान करे। जो स्वप्न में भी जागृत जैसा रहता है, वही श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञानी है। शिक्षा मिलने पर प्रसन्न या न मिलने पर दुखी न हो। जितने से पेट भर जाए, उतनी ही भिक्षा ले। सम्मान के प्रति उदासीन रहे। इनसे घृणा करे। इससे आसक्त होने पर संन्यासी मुक्त होकर भी बधन मे पड जाता है। (27-34)

'प्राणो की रक्षा के लिए ही सन्यासी उत्तम लोगो के घर से भिक्षा ले। रसोई की आग बुझ जाने पर जब सब लोग भोजन कर चुके तभी भिक्षा के लिए निकले। करपात्री बार-बार न मागे एक ही बार जो भी मिले, चलते-चलते हाथ मे ही खा ले और पानी पीकर समुद्र की तरह मर्यादा मे रहे। जब वह गाय की तरह रहने लगता है, तो समस्त प्राणी उसके लिए समान हो जाते है और तब वह अमरता प्राप्त कर लेता है। निदित घरों मे तथा बंद दरवाजेवाले घरो में संन्यासी न जाए। धूल-भरे निर्जन घर में या वृक्ष के नीचे निवास करे और अच्छी-बुरी भावनाओ से दूर रहे।.सूर्य न दिखनेवाले स्थान में सोए। घर न बनाए। अग्नि न जलाए। इद्रियों को संयमित रखे। ज्ञान से परिपूर्ण रहता हुआ विचरण करे। किसी भी प्राणी को भयभीत न करनेवाला सन्यासी स्वय भी प्राणियो से निर्भय हो जाता है। इस प्रकार के आचरणवाला काम, क्रोध आदि से दूर सन्यासी ब्रह्म भाव को प्राप्त करता है। सन्यासी गृहस्थों एव वानप्रस्थों से दूर रहे, अपनी जीवनचर्या को गुप्त रखे तथा शात रहे। (35-46)

'संन्यासी शुभ एवं हिसायुक्त दोनों कर्मों को त्याग दे, सग्रह न करे, शास्त्र आदि पर जीविका न चलाए, शिष्य न बनाए, ग्रंथों का अध्ययन या व्याख्या न करे, कोई भी चिह्न धारण न करे, मृगे-मृर्ख आदि की तरह रहे, इंद्रियों पर सयम रखे, अकेला घूमे। सब वेदों का ज्ञाता होकर भी गाय के समान रहे। दुष्टों द्वारा अपमान आदि होने पर भी इसे सहन कर ले। यहा तक कि उसके शरीर पर मल-मूत्र आदि डालने पर भी वह निर्विकार रहे। अपना उद्धार करता रहे। सम्मान सन्यासी का पतन करता है और अपमानित होने पर वह शीघ्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। कोई भी ऐसी बात न करे,

जिससे लोग उससे दूर ही रहना चाहे या उसका अपमान करे। मन, वाणी या कर्म मे किसी के प्रति द्वेष न रखे तथा काम आदि वासनाओं को छोड दे। इस प्रकार के आचरण से सन्यासी निर्भय हो जाता है। (47-59)

'भिक्षा, तप, मौन रहना, ज्ञान प्राप्त करना तथा विरक्ति ही सन्यासी का धर्म है गेरुआ वस्त्र पहनना, ध्यान मे लगा रहना, गृहस्थ के यहा भोजन न करना, अपने आश्रम के अनुकूल आचरण, सर्वत्र आत्मा के अदर-बाहर ब्रह्म को ही देखना तथा क्षमा, सतोष एव ब्राह्मण, गाय, घोडे आदि को एक जैसा देखना सन्यासी का परम कर्तव्य है। जो दंडी संन्यासी कामना मुक्त हो जाता है या जो दिगंबर समस्त संसार के बधन से मुह फेर लेता है, वह अवश्य मुक्त हो जाता है। (60-66)

षष्ठ उपदेश

'नारद ने पुन· पूछा, 'भ्रमर, कीट आदि की तरह अपने स्वरूप का ज्ञान हो जाने पर मोक्ष तो मिल जाता है, किंतु यह भी बताने की कृपा करे कि इसके लिए अभ्यास किस प्रकार किया जाए?' इस प्रश्न पर ब्रह्माजी कहने लगे, 'सत्य बोले तथा ज्ञान-वैराग्य द्वारा देह के प्रति सर्वथा अनासक्त हो जाए। इनसे रहित शरीर मे स्थित रहे। यह बचा हुआ शरीर ज्ञान ही है, प्राण वैराग्य है, शम-दम नेत्र है, शुद्ध मन, मुख, बुद्धि, कला, पाच ज्ञानेद्रिया, पाच कर्मेद्रियां, पाच प्राण, पाच इद्रियो के विषय, चार अत करण और प्रकृति, ये पच्चीस, जागृत आदि पांच अवस्थाए, शाखा कर्म, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य इन सबमे प्रथम चौदह कारण कीचड़ मे फसे हुए खंभे के समान कमजोर है। जैसे कुशल नाविक दलदल मे फंसी नाव को कुशलता से निकालकर सही मार्ग पर ले जाता है, संसार सागर को दलदल मे फसी जीवन नौका को श्रेष्ठ बुद्धि से पार लगाना चाहिए। या उन्मत हाथी को जैसे महावत वश मे करता है, वैसे ही इस देह को वश मे करना चाहिए। इस शरीर को नश्वर मानकर सन्यासी 'मै ब्रह्म हू' ऐसा मानकर जीवन्मुक्त बनकर अपने जीवन को सफल करे। कभी भी अपने को ब्रह्म से पृथक् न समझकर जागृत आदि चार अवस्थाओ को पार करके संन्यासी तुरीयातीत अवस्था मे प्रवेश करता है। जागृत, स्वप्न एव सुषुप्ति क्रमश दिन-रात्रि रूप है। चारो पूर्व की अवस्थाएं अत में तुरीयातीत अवस्था में स्थित है। मन, बुद्धि, चित्त एव अहकार के अधीन रहनेवाले चक्षु आदि चौदह कारण होते है। नेत्र, कान, जिह्वा, नाक, वाणी, हाथ, पाव, पायु, उपस्थ, त्वचा, मन, बुद्धि, अहकार एव चित्त के विषय क्रमश रूप, शब्द, रस, गध, शब्द, लेना (आदान), गमन (जाना), विसर्जन, रति-आनद, मनन, बोध, अह करना और चितन है। इन सबके साथ देह के अभिमान को भी त्यागकर जीव तुरीय चेतन हो जाता है। अपना घर समझकर जीव, अन्यथा अभिमान के कारण इस देह में घूमता है। देह के अष्टदल कमल में विचरण करनेवाला यह जीव जब पूर्वी दल (पंखुडी) मे भ्रमण करता है, तो पुण्यों में प्रवृत्ति होती है, आग्नेय कोणवाले दल में जाने पर निद्रा एवं आलस्य आ जाता है, दक्षिणी दल में जाने पर क्रूरता, नैऋत्य में बुद्धि का उदय, पश्चिम मे क्रीडा से प्रेम, वायव्य मे चलना-फिरना, उत्तर में शांतिप्राप्ति, ईशान में ज्ञान का उदय, कमल की कर्णिका में जाने पर वैराग्य तथा केसर में जाने पर आत्मचिंतन करता है। (दिशाएं और उनके बीच के कोण जिन्हें उपदिशाएं कहा जाता है, क्रमश आठ होती हैं—पूर्व, आग्नेय, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर तथा ईशान, अत यही मुख के समान महत्त्वपूर्ण है)। (1-3)

'जागृत स्वप्न, सुषुप्ति एवं तुरीय के बाद चौथी तुरीयातीत अवस्था है। विश्व, तैजस, प्राज्ञ और तटस्थ के भेद से एक ही आत्मा चार प्रकार का है। अत स्वयं को निर्गुण ब्रह्म ही माने। तुरीयातीत अवस्था चारों अवस्थाओं से भिन्न ही है इसीलिए इसके भेद नही होते। स्थूल सूक्ष्म एव कारणरूपी विश्व तैजस और प्राज्ञ ब्रह्म है। इन सभी अवस्थाओं में उसके साथ एक साक्षी भी रहता है, जो तटस्थ द्रष्टा है। यह तटस्थ मायायुक्त ईश्वर होता है अत. इसका कोई द्रष्टा (देखनेवाला) नही होता है। अत तटस्थ भी द्रष्टा नही हो सकता। जीव भी अहंकार आदि से युक्त होने से द्रष्टा नहीं है। जीव में उसका जीव परमात्मा के कारण है। जैसे आकाश (शून्य) में घड़ा रखा होने पर उसके अंदर भी आकाश हो जाता है। प्राण भी सांस लेने में सोऽह जपता हुआ अपने वास्तविक रूप को खोजता है। अत शरीर के लिए अभिमान करना निरर्थक है। इस अभिमान के नष्ट होने पर ही जीव ब्रह्म कहलाता है। (4)

'अत संन्यासी अनासक्ति, अक्रोध तथा अल्प आहार से इद्रियों को जीतकर मन को ध्यान में लगाए सूने स्थानों मे, गुफाओं में या वन में सदा चिंतन में लगा रहे। उसे अतिथि सत्कार, श्राद्ध, यज्ञ, देवयात्रा, उत्सव आदि में भाग नही लेना चाहिए। उसे लोगों के साथ ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि वे उससे दूर ही रहें और उसका अनादर करें। वाणी, कर्म एव मन ये तीन दंड कहे गए हैं। इन तीन दडों को वश में रखनेवाला संन्यासी ही दंडी है। चूल्हे की आग बुझ जाने पर भिक्षा मागना अच्छा है। जो मन से सन्यासी न होने पर भिक्षा मांगता है, वह नीच गति पाता है। जहा भिक्षा सरलता से मिलती हो, लोभ के कारण वहा दोबारा न जाए। स्वय प्रकाशवान, सुख-स्वरूप, देह-इंद्रिय आदि से रहित परम ब्रह्म को वह अपने ही स्वरूप में देखता है, अत वह वर्णों एव आश्रमों से अलग ही है, क्योंकि ये बंधन माया के अज्ञान के कारण बने है। अपने को माया के बधनों से तथा वर्ण आश्रम से ऊपर ज्ञान रूप माननेवाला सन्यासी सच्चे अर्थों में सन्यासी है। आत्म-साक्षात्कार हो जाने पर इन विचारों का त्याग कर देनेवाले सन्यासी को वेदांत में अतिवर्णाश्रमी कहा गया है। वर्ण एवं आश्रम शरीर से पृथक् हैं अत इन्हें भ्रमवश वेदांत को न जाननेवाले मूर्खो ने बनाया है। ब्रह्म ज्ञानी के लिए कोई भी नियम-बंधन नही होते। उनके लिए कोई वस्तु त्याज्य नही है। (5-19)

'ब्रह्म को जानने का इच्छुक पद की कामना न करे। वह धन, पुत्र आदि की भी कामना न करे। केवल मोक्ष प्राप्त करने के प्रयत्न में लगा रहे। हाथों में कोई भेंट लेकर किसी सच्चे गुरु के आश्रम में जाए और दीर्घ समय तक वहा गुरु की सेवा करता हुआ वेदांत का ज्ञान प्राप्त करे। ममता, अहंकार, आसक्ति आदि को छोड़कर शमन-दमन आदि से आत्मा को देखे। ससार के दोषों को देखकर वैराग्य होने पर ही संन्यास लिया जाए। मोक्ष का इच्छुक परमहस नामक मोक्ष के साधन का अभ्यास करे और वेदांत को सुने। भय-ममता आदि को त्यागकर पदार्थों का सग्रह करना छोड दे, मुंडन करके कौपीन, पुराने वस्त्र पहनकर अथवा दिगंबर ही रहे। मित्र-शत्रु को समान मानकर परम शात सन्यासी ससाररूपी सागर को तैर लेता है। गुरु के आश्रम में सेवा करता हुआ सदा सावधानी से नियमों का पालन करके एक वर्ष रहे। उत्तम ज्ञान योग को प्राप्त करके वर्ष के अत में गुरु के आश्रम को छोडकर परम आश्रम का मार्ग प्राप्त करे। फिर आसक्ति आदि को छोड़कर पृथ्वी पर भ्रमण करे। (20-33)

'कार्य करनेवाला सन्यासी एवं कार्य न करनेवाला गृहस्थ, ये दोनों शोभा नही देते। सुरा को पीकर नशा होता है, किंतु नारी को देखने से ही नशा होता है, अत सन्यासी नारी को दूर से ही त्याग दे। उनके साथ वार्तालाप, नृत्य, गान, हंसी-मजाक, निंदा आदि न करे। स्नान, जप, पूजा, हवन आदि भी संन्यासी को नहीं करने चाहिए कीट-पतगो या वनस्पतियो को भी नष्ट न करे, अपितु इनका कल्याण करे। वह अंतर्मुखी, स्वच्छ एवं प्रसन्न आत्मावाला विद्वान संन्यासी आसक्ति को त्यागकर घूमता रहे। अराजकतावाले राज्यो मे न जाए। किसी से नमस्कार आदि की इच्छा न करे।' (34-42)

सप्तम उपदेश

नारद द्वारा सन्यासियो के नियमो के विषय में पूछे जाने पर ब्रह्मा कहने लगे, 'वैराग्य-सन्यासी वर्षा के चार महीनों को छोडकर अन्य दिनों घूमता रहे। किसी के आग्रह करने पर भी एक स्थान पर अधिक न रुके। नदी स्वयं न पार करे, वृक्ष पर न चढ़े। देव-पूजा या उत्सव आदि मे भाग न ले। केवल आत्मा की ही उपासना करे। एक ही घर से दोबारा भिक्षा न ले। चदन आदि सुगंधित वस्तुओं को मल-मूत्र समझे। कम खाकर दुबला बना रहे। घी को रुधिर, अन्न को मास, लवण को मास, मालिश को स्त्री अग, मनोरजन को मूत्र, इच्छा को गोमास, परिचित स्थान को चाडाल-घर, स्त्रियो को सांप, स्वर्ण को विष, सभा को श्मशान, राजधानी को कुभीपाक नरक तथा एक ही घर के भोजन को मृतक को दिया जानेवाला अन्न समझे। देह को आत्मा से अलग न समझे, अपने जन्म-स्थान का त्याग कर दे, परिचित स्थानो को भी छोड़ दे, अपने स्त्री, पुत्र आदि से दूर रहे, बिना मागे जो मिले उसी में संतोष करे तथा सदा प्रण का ध्यान करे। काम, क्रोध आदि को भस्म कर दे। भूख-प्यास से व्याकुल न हो। किसी से वैर न करे। पवित्र मन रहे। ग्राम, नगर, पुण्य क्षेत्र अथवा तीर्थ में क्रमश एक रात्रि एव पाच-पाच रात्रियों से अधिक न रहे। झूठ न बोले। अकेला घूमे। किसी पहाड की गुफा मे दो सन्यासी साथ न रहें। तीन को ग्राम तथा चार व्यक्तियो को नगर माना गया है। इंद्रियों को विषयों पर न सोचने दे। सब कुछ को अपना ही स्वरूप माने। आत्मा का ही साक्षात्कार करे। इससे जीवन्मुक्ति मिलती है। फिर भी मृत्यु तक आत्मा का चितन करता रहे। कुटीचक्र, वहूदक और हस क्रमश· तीन, दो तथा एक बार स्नान करे। परमहंस, तुरीयातीत तथा अवधूत के लिए स्नान क्रमश मन से, भस्म से तथा वायु से करने का नियम है। कुटीचक्र का तिलक खडा त्रिपुड्र, बहूदक का त्रिपुंड्र, हस का ऊर्ध्व (खडा) त्रिपुड्र, परमहस का भस्म, तुरीयातीत का तिलक पुंड्र तथा अवधूत का कोई भी तिलक नही होता। तुरीयातीत भी कुछ भी तिलक न लगाने के लिए स्वतंत्र है। कुटीचक्र ऋतु में एक बार अर्थात प्रति दो मास में एक बार, बहूदक चार मास मे एक बार, हस एवं परमहंस छ मास में एक बार क्षौरकर्म करें (सिर एवं दाढ़ी-मूंछ के बाल कटाएं), तुरीयातीत तथा अवधूत को क्षौरकर्म करने की कोई आवश्यकता नही होती। (1-4)

'कुटीचक्र एक स्थान से लेकर अन्न खाए। बहूदक मधुकरों वृत्तिवाला होता है, अर्थात जितनी जगह चाहे, भिक्षा ले। हस एवं परमहंस हाथ में भिक्षा मांगकर खाएं। तुरीयातीत गाय की तरह तथा अवधूत अजगर की तरह खाए। कुटीचक्र दो तथा बहूदक एक वस्त्र रखे। हंस वस्त्र का एक टुकड़ा

रखे। परमहंस कौपीन धारण करे। तुरीयातीत और अवधूत बिना वस्त्र के रहे। कुटीचक्र एव बहूदक देव पूजन करे। हस एव परमहस मन से पूजा करें। तुरीयातीत और अवधूत 'सोऽहं' पर चितन करे। कुटीचक्र एवं बहूदक मत्र जपे। हंस एवं परमहंस ध्यान करे। तुरीयातीत एव अवधूत महावाक्यो (तत्त्वमसि और सोऽह) का उपदेश दे। परमहस भी यह उपदेश दे, किंतु कुटीचक्र एव बहूदक को यह अधिकार नही है। बहूदक एवं कुटीचक्र मानव प्रणव, हस एव परमहस भीतरी प्रणव तथा तुरीयातीत एवं अवधूत का ब्रह्म प्रणव है। कुटीचक्र एवं बहूदक को सुनने का, हस एव परमहस को मनन का और तुरीयातीत एव अवधूत को निदिध्यासन करना चाहिए। आंत्मा का अनुसधान करना प्रत्येक का कर्तव्य है। इस प्रकार मोक्ष की इच्छा करनेवाले को ससार से पार होने का प्रयत्न करना चाहिए। उस तारक का स्मरण करते हुए जीवन्मुक्त होकर कैवल्य प्राप्त करे।' (5-11)

अष्टम उपदेश

नारद ने पूछा, 'कौन-सा ऐसा मंत्र है, जो सारे संसार का तारण कर सके ?' इस पर ब्रह्माजी कहने लगे, 'इस प्रकार का मत्र 'ओम' है। इसके दो भेद है। समष्टि तथा व्यष्टि (सक्षेप मे व्यष्टि एव समष्टि को इस प्रकार समझे जैसे सारी सृष्टि समष्टि है, एक प्राणी व्यष्टि है या देश समष्टि है, राज्य आदि व्यष्टि है अथवा जनता समष्टि है एक आदमी व्यष्टि है)।' ब्रह्मा से नारद ने पुन पूछा, 'समष्टि एव व्यष्टि क्या होती है ?' एक ही ब्रह्म सहार प्रणव, सृष्टि प्रणव तथा उभयात्मक (दोनो स्वरूपोंवाला) प्रणव, प्रणव के ये तीन भेद है। उभयात्मक प्रणव के बाह्य एव भीतरी भेद है। इसीलिए इसे उभयात्मक कहा जाता है। ब्रह्म प्रणव का एक भेद व्यावहारिक प्रणव है। बाह्य प्रणव भी है। इस उभयात्मक प्रणव को विराट कहते है। संहार प्रणव के ब्रह्म प्रणव को अर्द्धमात्रा प्रणव भी कहते है। (1)

'ओम ही ब्रह्म है। इसी को एकाक्षर अत. प्रणव समझना चाहिए। इसके आठ भेद किए जाते हैं—अ, उ, म् अर्द्धमात्रा नाद, बिदु, कला और शक्ति। इसकी प्रत्येक मात्रा के अनेक भेद है। 'अ' के दस हजार अवयव, 'उ' के एक हजार तथा 'म' के सौ अवयव कहे जाते है। अर्द्धमात्रा प्रणव अनंत अवयवो वाला है। विराट प्रणव सगुण, सहार प्रणव निर्गुण और उत्पत्ति प्रण सगुण-निर्गुण दोनो प्रकार का है। संहार प्रणव चार मात्रावाला तथा अर्द्धमात्रायुक्त है। (2)

'विराट प्रणव सोलह प्रकार का तथा छत्तीस मात्राओ से परे है। अ, उ, म, अर्द्धमात्रा, विदु, नाद, कला, कलातीत, शाति, शांति अतीत, उन्मनी, मनोन्मनी, पुरो, मध्यमा, पश्यंती तथा परा इसके सोलह प्रकार है। इसके बाद प्रणव चौसठ मात्राओंवाला तथा प्रकृति-पुरुष इन दो भेदोंवाला होने से एक सौ अट्ठाईस मात्राओंवाले स्वरूप का हो जाता है। एक ही प्रणव इस प्रकार सगुण-निर्गुण आदि रूपों से अनेक भेदोंवाला हो जाता है। (3)

'यह प्रणव (ओम्) ही सबका आधार, परम ज्योति, सर्वेश्वर, सभी देवताओ युक्त, सृष्टि के प्रपच का आधार, सभी अक्षरों वाला, काल, सर्वागमय, शिव, सर्वश्रुति, उत्तम, सृष्य, समस्त उपनिषदमय तथा मोक्षदायक है। उसी को आत्मा, ब्रह्म, अजर, अमर आदि कहा गया है। यही मुक्ति देनेवाला आत्मा है। इसी को स्थूल, सूक्ष्म और दिखाई देने वाला समस्त प्रपच समझो।

विश्व को भी 'ओम' ही समझो। आत्मा के तीनों प्रकार के देहो की उपाधि भी इसी को समझो। इस प्रकार आत्मा-परमात्मा मे दृढ़ एकता को समझते हुए आत्मा रूपी ब्रह्म का निरतर चितन एव अभ्यास करे। (4-8)

'स्थूल और स्थूल का भोक्ता तथा सूक्ष्म एव सूक्ष्म का भोक्ता होने से इसके चार भेद माने गए है। इन्ही चार भेदो के कारण इसे चार पदोवाला कहा गया है। जो स्थूल प्रज्ञ है, विश्व का भोग करनेवाला है। जो उन्नीस मुखो (कर्मेंद्रियां आदि), आठ अगो (भू भुव. आदि लोक), जो स्थूल भोक्ता, चार आत्माओवाला सर्वव्यापक वैश्वानर आदि है, वह एक ही है। यह वैश्वानर उसका प्रथम पाद है। वह सूक्ष्म तत्त्वो का अनुभव करनेवाला, तैजस, प्राणियो का स्वामी हिरण्य गर्भ है, जिसे द्वितीय पाद कहा जाता है। प्राणी जब तक सोता नही तभी तक इच्छाए रखता है, जब तक सुषुप्ति अवस्था नही होती, तभी तक स्वप्न देखता है। परमात्मा इस अवस्था मे एकमात्र स्थित रहनेवाला प्रज्ञानवान, सुखी, नित्य आनदमय तथा सभी जीवों के अदर स्थित रहता है। यह सर्वगत, अविनाशी अपने ही रूप का उपभोग करता है। इस प्रकार के परमात्मा को अपने आत्मा मे देखनेवाले प्राज्ञ ही उसका तृतीय पाद कहे गए है। (9-20)

'वही परमात्मा सबका ईश्वर, सर्वज्ञ, सूक्ष्मता से चितन करने योग्य, सभी मे स्थित, सभी की उत्पत्ति का कारण है। तीन अवस्थाओं से युक्त यह विश्व सुषुप्ति रूप है। यह स्वप्न के समान तथा मायायुक्त है। चौथी अवस्था तुरीय है। यह सच्चितदेव रसलीन है। इसके चारो ही भेद तुरीय है। इस अवस्था मे ओत, अनुज्ञान, अनुज्ञा तथा अविकल्प, ये चार रूप माने गए है। ओत, अतुज्ञाता और अनुज्ञा, ये तीन भेद वैकल्पिक ज्ञानात्मक है। इसे (विकल्प को) स्वप्न या माया ही समझना चाहिए। इन विकल्पों से पृथक सच्चिदानद परमात्मा ही केवल एक स्वरूप है, यही मानना चाहिए। जो स्थूल, सूक्ष्म या इन दोनों ज्ञानों से परे है, जो कम या अधिक द्वारा जाना नही जाता है, जो बाहर या भीतर से भी नही जाना जाता, जो प्रज्ञान रूप नही है, जो देखा नही जा सकता (क्योकि उसका कोई रूप नही है), जो पकडा नही जा सकता, न जिसे व्यवहार से जाना जा सकता, जो किसी परिभाषा या ध्यान में नही आता, जो केवल आत्मा के विश्वासवाले रूप के अनुसार ही है तथा जो माया के प्रपच से बाहर है, वह अद्वितीय, शांत, शिव (कल्याण स्वरूप) ही उसका चतुर्थ पाद है। यही ब्रह्म प्रणव है न कि तुरीय मोक्ष की इच्छा करनेवालो का यही लक्ष्य है। वह ज्योति स्वरूप एव आकाश स्वरूप है। वह परम ब्रह्म के रूप मे सदा प्रतिष्ठित है।' (21-23)

नवम उपदेश

नारद ने कहा, 'भगवन, ब्रह्म का क्या स्वरूप है ?' ब्रह्मा बोले, 'ब्रह्म अन्य ही है और मै अन्य ही हू, ऐसा कहनेवालों को पशु ही समझना चाहिए (क्योकि अपना स्वरूप ही ब्रह्म है)। पशुओं से उत्पन्न न होने पर भी उनका स्वभाव पशु के समान होने के कारण वे पशु ही है। अपने को ब्रह्म ही समझनेवाला मृत्यु के मुख से बच जाता है। मोक्ष प्राप्त करने का केवल एक ही मार्ग है—परमात्मा का ज्ञान। काल, स्वभाव, नियति (भाग्य), आकाश आदि पांच महाभूत, जीव, संयोग आदि क्या इस ससार के हेतु (कारण) हैं ? सुख-दुख पूर्वजन्म के कर्मों के कारण होते हैं। तब जीवात्मा भी इसका

कारण नही हो सकता। ऐसा विचार करने पर उन मनीषियों ने ध्यान लगाया तब उन्होंने ध्यान योग से देखा कि अपने गुणो से ढका हुआ ब्रह्म आत्मशक्तिस्वरूप है। यह समस्त शक्ति उसी अचितनीय परमात्मा की है, जो अकेला होने पर भी समस्त कारणो का कारण है। वह तीन वृत्तोवाला, सोलह कोणोवाला, पचास अरोंवाला, बीस सहायक अरोवाला, छ अष्टकों का विश्वरूपी एक बधनवाला तथा अनत रूपोवाला है। उन्होंने पाच स्रोतोवाली विषरूपी जलो से सपन्न, पाच स्थानो से निकली प्रचड वेगवाली वक्र गति, पाच प्राण रूपी तरगो से युक्त मन रूपी मूलवाली, पाच भवरोवाली तथा पचास भेदोवाली एक नदी को देखा। (1-5)

'वह परमात्मा समस्त प्राणियो को उनके इस आश्रय मे घुमाता रहता है। स्वय को तथा अन्य सबको प्रेरणा देनेवाले उस परमात्मा को उन्होने स्वीकार किया तथा अमरता को प्राप्त हुए। उस उद्‌गीथ रूप तीन अक्षरों मे स्थित परमब्रह्म को अपनाकर वे उसी में लीन हो गए। इस सयुक्त अक्षर स्वरूप से व्यक्त एव अव्यक्त सभी का पोषण होता है। वह परम ब्रह्म सबका आत्मा है, किंतु उसका कोई भी ईश्वर नही है। जीवात्मा सांसारिक भोगो का उपभोग करता है। इसके इस स्वरूप को जानकर ज्ञानी इस समस्त बधन से मुक्त हो जाते है। आत्मा ज्ञानी-अज्ञानी (और समर्थ-असमर्थ) दो प्रकार का होता है। समस्त भोग्य पदार्थों को उत्पन्न करनेवाली माया है, जो जीव नही है तथा यह तृतीय शक्ति है। ब्रह्म मे इस सृष्टि को बनाने का अभिमान नही, किंतु मनुष्य ईश्वर, जीव एव प्रकृति तीनो को ब्रह्म समझता है। तभी उसके बधन छूट जाते है। माया नश्वर है, जो जीव के साथ ही ब्रह्म के अधीन है। उसी मे अपने को लगा देनेवाले ज्ञानी माया से मुक्त होकर इसे प्राप्त करते है। उसके जन्म-मृत्यु के बधन कट जाते है।' (6-11)

'ज्ञानी शरीर के नष्ट होने पर तृतीय लोक मे अनासक्त, शुद्ध तथा पूर्णकाम होकर रहता है। वह ब्रह्म इसी जीव में स्थित है, ऐसा मानना चाहिए। उससे अधिक जानने योग्य कुछ भी नही है। भोक्ता, भोग्य तथा प्रेरणा देनेवाला परमात्मा, इन तीनो को जान लेने पर समस्त ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है। वस्तुत इन तीनो मे एकमात्र वही ब्रह्म व्याप्त है। उसको जानने का मार्ग आत्मज्ञान एव तप है। जो इस प्रकार जानकर अपने स्वरूप के विषय में विचार करता है, जो उसी ब्रह्म से अपनी एकता को देखता है तथा उसी को सबसे श्रेष्ठ, विराट, भूत-भविष्य और अनश्वर समझता है, वह मोह एव शोक से मुक्त हो जाता है। वह ब्रह्म अणु से भी छोटा तथा महान से भी महान है, वह प्राणी के हृदय मे रहता है तथा उसको जान जाने पर जीव उसकी कृपा से दु खों से मुक्त हो जाता है।' (12-15)

'वह परमात्मा विना हाथ-पावों के अत्यत तेज गतिवाला है। वह विना आखों एव कानो के देखता और सुनता है। उस सबसे प्रमुख महान आत्मा को अपने आत्मा मे देखनेवाला ही उसे जानता है। वही एकमात्र जानने योग्य है, किंतु उसके लिए कुछ भी जानने योग्य नहीं है। वह शरीरवाला न होने पर भी सभी शरीरों में रहता है। उस महान आत्मा को जानकर धैर्यशाली लोग शोकों का त्याग कर देते हैं। वह सबको धारण करनेवाला है। उसकी शक्ति का कोई भी अनुमान नही लगा सकता। सभी वेद आदि उसी के स्वरूप का वर्णन करते है। उसका प्रारभ, मध्य या अत नही हैं। वह अनत, अव्यय (नाश या विकार न होनेवाला), कल्याणमय तथा प्रलय पर भी

रहनेवाला है। वह कवि (कातदर्शी, जो होनी को पहले ही जान लेता है), सबसे प्राचीन, सबका स्वामी तथा सभी देवताओं द्वारा पूजा जानेवाला है। उसी ने ब्रह्मा को भी बनाया है। उसी ने इस आकाश, जल आदि पाच महाभूतों की सृष्टि को बनाया है। वही इन पाचो मे विद्यमान है, किंतु वह स्वय इन पाचो के प्रभाव से मुक्त है।' (16-20)

सासारिक विषयो मे लगा हुआ दुश्चरित्र, असयमी तथा अशात मनवाला इसे नही देख सकता। इसे केवल श्रेष्ठ ज्ञान द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। वह न तो बाहर रहनेवाला है, न भीतर, और न दोनों जगह ही। वह स्थूल-सूक्ष्म, ज्ञान या फिर अज्ञान रूपवाला भी नही है। उसे कोई ग्रहण भी नही कर सकता और न किसी व्यवहार मे ला सकता है। वह आत्मा मे स्थित है। आत्मज्ञान होने पर वह स्वय ही प्राप्त हो जाता है।' इतना सब बताने के बाद ब्रह्मा बोले, 'जो इस प्रकार परम आत्मा के स्वरूप को जान जाता है, वह निःसदेह मुक्त हो जाता है। सन्यासी अपने स्वरूप को जानता है, अत वह अकेला ही रहता है। जैसे भयभीत हिरन कही पर नही रुकता, वैसे ही सन्यासी भी किसी एक स्थान पर नही ठहरता। अपने शरीर के अतिरिक्त सब कुछ त्यागकर वह भ्रमर के समान आत्मा की खोज मे लगा रहता है। इसी से उसे मुक्ति मिलती है। वह क्रिया-कारक के भेद को नही मानता। गुरु-शिष्य और शास्त्रादि के बंधन भी उसके लिए नही है। सारे ससार को छोडकर वह कभी दु खी नही होता। इन सभी सुखो को त्यागकर वह वास्तव मे, सुखी हो जाता है। ब्रह्म रूपी धन को पाकर वह ज्ञान-अज्ञान एवं सुख-दु ख से ऊपर उठ जाता है। तब वह स्वय प्रकाश रूप सबके जानने योग्य, सर्वज्ञ, सर्वसिद्धि दाता और सबके ईश्वर के रूप मे स्वयं को भी अनुभव करता है। इसके बाद वह विष्णु के परम पद को प्राप्त करता है। वहा जाकर फिर कभी जन्म लेकर योगी इस ससार में नही लौटते है। इस लोक में सूर्य-चंद्रमा प्रकाश नही करते, क्योकि यह स्वय प्रकाशमय है। यही कैवल्य है। यही ज्ञान का सार है।' (21-23)

□

53. पैंगलोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद. पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

वह ब्रह्म पूर्ण है, यह कार्य जगत भी पूर्ण है । उसी पूर्ण से इस पूर्ण की उत्पत्ति हुई है, अत इस पूर्ण से इस पूर्ण को निकाल देने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है ।

प्रथम अध्याय

पैगल ऋषि याज्ञवल्क्य के पास गए और उन्होंने बारह वर्षो तक उनकी सेवा की तब उन्होंने याज्ञवल्क्य से कैवल्य विद्या के परम रहस्य को बतलाने के लिए निवेदन किया । इस पर याज्ञवल्क्य कहने लगे, 'सर्वप्रथम केवल 'सत' ही था । वही सदा रहनेवाला, सब प्रकार से मुक्त, विकारहीन, सत्यस्वरूप, ज्ञान एवं आनद से परिपूर्ण तथा सनातन (सदा बना रहनेवाला), एकमात्र, अद्वितीय ब्रह्म है । उस मरुस्थल के समान अवस्था मे जल, शुक्ति (सीप) में चादी, स्थाणु (खभा) में पुरुप तथा स्फटिक मे एक रेखा के समान लाल, सफेद एवं कृष्ण अर्थात् सत्त्व, रजस एवं तमोगुण से युक्त मूल प्रकृत्ति उत्पन्न हुई । इसमें ये तीनों गुण समान अवस्था में थे । यह प्रकृति अनिवर्चनीय (जो शव्दों मे न कहा जा सके) थी । उसमें प्रतिबिव रूप में विद्यमान ही इस जगत आदि एकमात्र साक्षी और चैतन्य (चेतनावाला) है ।' (1-3)

'इस प्रकृति में फिर विकार (बदलाव) आया और सत्वगुण की अधिकतावाली आवरण शक्ति उत्पन्न हुई, इसे अव्यक्त कहा जाता है । प्रकृति में विद्यमान प्रतिबिबित उस ईश्वर में भी चेतना आई । वह सर्वज्ञ माया को अपने अधीन रखनेवाला समस्त दृष्टि का वनाने वाला, पालन करनेवाला तथा प्रलय करने वाला इस जगत का अंकुर रूप है । वही अपने में विलीन इस सपूर्ण जगत को प्रकट करता है । प्राणियों के कर्मों के अनुसार वही इस विश्व रूपी वस्त्र को पहले फैलाता है तथा फिर उनके कर्मो का नाश होने पर इसे समेट लेता है । समस्त विश्व उसी मे सिमटे हुए वस्त्र के समान रहता है । आवरण शक्ति में रजोगुण की अधिकता से विक्षेप शक्ति उत्पन्न होती है, जो महत् भी कहलाती है । इसके प्रभाव से चैतन्य हिरण्यगर्भ कहा जाता है, यह महत् से कुछ स्पष्ट और कुछ अस्पष्ट शरीरवाला होता है । (4-5)

'हिरण्यगर्भ में स्थित विक्षेप शक्ति से अहंकार नामक तमोगुणी शक्ति उत्पन्न होती है और उसमें स्थित विराट चैतन्य, जो महत् का अभिमानवाला है, स्पष्ट शरीरवाला होकर स्थूल जगत का पालन करनेवाला प्रधान पुरुप होता है, जिसके आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ । आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल तथा जल से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई । फिर इनमें तीन गुणोंवाली

तन्मात्राएं पैदा हुईं । उस जगत कर्ता को तमोगुण के कारण सूक्ष्म तन्मात्राओं को स्थूल रूप मे बनाने की इच्छा हुई । अत. उसने रचे हुए महाभूतो में प्रत्येक के पहले दो-दो भाग कर दिए, फिर प्रत्येक के चार-चार भाग करके प्रत्येक भूत के आधे भाग मे अन्य भूतों का आठवा भाग मिलाया । इस प्रकार पाच बार मे पांच प्रकार के भूत (पंचीकृत भूत) बने । इनसे उसने असंख्य ब्रह्मांडो, चौदह लोको तथा इनके लिए स्थूल शरीरो को बनाया ।' (6-7)

'उसने इन पांच भूतो मे प्रत्येक के रजोगुणवाले अश को चार भागो में विभक्त करके तीन भागो से पांच प्रकार के प्राण तथा चौथे भाग से कर्मेंद्रियों को बनाया । इसके बाद इसी प्रकार उसने सत्त्व गुण वाले भाग को चार भागो में विभक्त किया । तीन भागो से पांच प्रकार के वृत्तियो वाले अतःकरण तथा चौथे भाग से ज्ञानेंद्रियो की रचना की । सत्त्व गुण के समस्त रूप से इद्रियो के देवता बनाए । उन्हें ब्रह्माडों मे स्थापित कर दिया । उसकी आज्ञा से अहकार से युक्त विराट स्थूल जगत की रक्षा करने लगा और हिरण्यगर्भ भी उसी की आज्ञा से सूक्ष्म जगत का पालन करने लगा ।' (8-10)

'ब्रह्माडो मे स्थित वे देवता उसके बिना चेष्टा नही कर पाए । उसने उन्हें चेतन करना चाहा और ब्रह्माड को चीरकर ब्रह्मरध्रो में प्रवेश किया । तब वे जड़ (निर्जीव) होते हुए भी चेतन की तरह अपने-अपने कार्य करने लगे । सर्वज्ञ ईश्वर माया के प्रभाव में आने से व्यष्टि देह में प्रवेश कर गया तथा मोह के कारण जीव बन गया । स्थूल आदि तीन प्रकार के शरीरो के सपर्क से वह कर्ता और भोक्ता होने का अनुभव करने लगा । जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति, मृत्यु आदि से युक्त होकर जैसे घडी या कुम्हार का चाक घूमते रहते है, उसी तरह इस जगत मे घूमने लगा ।' (11-12)

द्वितीय अध्याय

'इसके बाद पैगल ने पूछा कि समस्त लोकों की सृष्टि,पालन एव विनाश करने वाला ईश्वर जीव कैसे बनता है ? इस पर याज्ञवल्क्य बोले, 'ध्यान से सुनो, मैं स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरो की उत्पत्ति तथा जीव-ईश्वर का संबंध बताता हू । ईश्वर ने पंचीकृत महाभूतों के अंशों से क्रमश व्यष्टि एव समष्टि के स्थूल शरीरों को बनाया । कपाल, त्वचा, हड्डिया, मास और नाखून पृथ्वी के अश हैं । रक्त, मूत्र, लार, पसीना आदि जल के अश हैं । भूख प्यास, गर्मी, मोह, मैथुन आदि अग्नि के अश हैं । उठना, चलना, सांस लेना आदि वायु के तथा काम, क्रोध आदि आकाश के अश हैं ।इन सबके अंशों से निर्मित त्वचा आदिवाले इस स्थूल शरीर में बचपन आदि अवस्थाए, अभिमान आदि अनेक दोष होते हैं । (1-2)

'अपचीकृत महाभूतों के रजोगुण अंश से तीन भाग लेकर प्राणों को बनाया गया । प्राण, अपान, व्यान, उदान एव समान, ये पांच प्राण हैं तथा नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त या धनंजय, ये पाच उपप्राण है । हृदय, नासिका, कंठ आदि सभी अंग इनके स्थान हैं । आकाश आदि के रजोगुण के चतुर्थ भाग से कर्मेंद्रियों की रचना हुई । वाणी, हाथ, पांव, पायु तथा उपस्थ, ये पांच कर्मेंद्रियां है । बोलना (शब्द), आदान (लेना), चलना, मल त्याग तथा रति-आनंद क्रमशः इनके विषय हैं । इसी प्रकार महाभूतों के सत्त्वगुण वाले अश के तीन भागों से अंतःकरण बना, जिसकी मन, चित्त, बुद्धि

तथा अहकार वृत्तियां है । संकल्प,निश्चय,स्मरण,अभिमान तथा अनुसंधान इसके विषय हैं । गला, मुख,नाभि,हृदय तथा भ्रूमध्य स्थान है । इस सत्त्वगुण के चौथे भाग से ज्ञानेंद्रियों की रचना हुई,जो इस प्रकार है—कान,त्वचा,नेत्र,जिह्वा तथा नाक । शब्द,स्पर्श,रूप,रस एव गंध इन पाच ज्ञानेंद्रियों के विषय है । दिशाएं,वायु,वरुण ,सूर्य,अश्विनी,अग्नि,इद्र,उपेंद्र,मृत्यु,यम,चद्रमा,विष्णु ब्रह्मा एवं शिव इनके देवता है । अन्नमय,प्राणमय,मनोमय,विज्ञानमय तथा आनंदमय,ये पाच कोश है । अन्नमय कोश अन्न के रस बढ़ानेवाला,बनानेवाला तथा अन्नमय पृथ्वी में लय हो जानेवाला है । यही स्थूल शरीर होता है । पांच कर्मेंद्रियो तथा पांच प्रकार के प्राणो से प्राणमय कोश बनता है । ज्ञानेंद्रियो के साथ मन द्वारा मनोमय कोश बनता है । ज्ञानेंद्रियों और बुद्धि के संयोग से विज्ञानमय कोश बनता है । इन तीनों सयोग से लिग शरीर बनता है,जिसे स्वरूप का ज्ञान नही होता । यही कारण शरीर और आनंदमय कोश है । इस प्रकार पांच ज्ञानेंद्रियों,पांच कर्मेंद्रियों पांच प्राणों,पाच महाभूतों,चार अंतःकरणों,काम,कर्म तथा अज्ञान इन सबको व्यष्टि कहते हैं । (3-5)

'विराट ईश्वर की आज्ञा से व्यष्टि मे प्रविष्ट हुआ,बुद्धि में स्थित हुआ तथा विश्व नाम से जाना गया । विज्ञानात्मा,चिदाभास,विश्व,व्यावहारिक,जागृत स्थूल,देहाभिमानी,कर्म तथा भू,ये सब इसी के नाम है । ईश्वर की आज्ञा से सूत्रात्मा ने व्यष्टि में प्रवेश किया और मन में स्थित हुआ । तब यह तेजस कहा गया । तेजस,प्रतिभा शक्ति,स्वप्न कल्पित,ये सब इसी के नाम है । ईश्वर की आज्ञा से माया युक्त अव्यक्त ने व्यष्टि मे प्रवेश किया । इसी को प्राज्ञ कहते हैं । अविछिन्न,पारमार्थिक, सुयुक्ति तथा अभिमानी,ये प्राज्ञ के ही नाम है । पारमार्थिक जीव,जो अज्ञान से ढका रहता है, तत्त्वमसि आदि महा वाक्यों के बोध से इसे ब्रह्म से अपनी एकता का पता लगता है,किंतु अन्य व्यावहारिक या प्रतिभासिक अश ब्रह्म से ऐसी एकता नही रखते । पारमार्थिक जीव वस्तुत ब्रह्म का ही अंश होता है । अंतःकरण में प्रतिबिंबित होनेवाला चैतन्य ही तीन अवस्थाओं को प्राप्त करता है । जागृत स्वप्न एवं सुषुप्ति—इन अवस्थाओं को प्राप्त करके रहट के समान ससार चक्र में भ्रमण करता हुआ उद्विन होकर मृतक जैसा हो जाता है । (6-10)

'प्राणी को जागृत-स्वप्न-सुषुप्ति-मूर्च्छा एव मरण,ये पाच अवस्थाएं होती है । अपने-अपने देवताओं से मिलकर कान,नाक आदि इद्रियों द्वारा शब्द,गध आदि विषयों को ग्रहण करने पर जागृत अवस्था होती है । इस अवस्था में जीव भौंहों के बीच में रहता है और पांवों से मस्तक पर्यंत व्याप्त रहकर कृषि,देखना,सुनना आदि सभी कार्य करता है । साथ ही इनके फलों को उपभोग भी करता है । दूसरे लोक में भी उसे इन कर्मों का फल भोगना पड़ता है । अंत में वह एक सार्वभौम सम्राट की तरह थक जाता है तथा अदर के विश्राम स्थल में जाने की इच्छा से मार्ग का सहारा लेकर रुक जाता है । इंद्रियों द्वारा अपने कार्य बंद कर देने पर जागृत अवस्था के सस्कारों से ग्रहण करने योग्य तथा ग्रहण करनेवाला होने के कारण जो प्रतिक्रिया होती है,वह स्वप्न अवस्था कही जाती है । तब यह विश्व (जीव) जागृत अवस्था के कार्यों को नही करता । इन कार्यों के लुप्त हो जाने पर यह नाडियों के मध्य में पहुचकर तैजस बन जाता है । तब यह अपनी वासनाओं के अनुसार एक विशेष आभासीय जगत की सृष्टि करके इच्छानुसार उसका उपभोग करता है । सुषुप्त अवस्था में एकमात्र कारण चित्त ही होता है । जैसे थके हुए पक्षी पंखों को समेटकर घोंसले की ओर जाते हैं,वैसे ही चौथा

भी जागृत एवं स्वप्न अवस्थाओ के कार्यो से थककर अज्ञान मे प्रवेश करके आनद का उपभोग करता है।' (11-13)

'दड या मुद्गर से यकायक पीटे जाने पर जब व्यक्ति अज्ञान एव मय से हक्का-बक्का होकर कापने लगता है, तो इस अवस्था को मूर्छा कहते है। मृत्यु—इन चारों अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, एव मूर्छा) से भिन्न अवस्था मृत्यु है। इस अवस्था से एक तुच्छ कीड़े से लेकर ब्रह्मा तक सभी भयभीत होते है। इसी से स्थूल शरीर का नाश होता है। तब कर्मेंद्रियों, ज्ञानेद्रियो, इनके विषयो और प्राण, इन सबको सकल्पित करके काम एवं कर्म से सयुक्त होकर अविद्यामय जीव अन्य देह को प्राप्त करके दूसरे लोक को जाता है। पूर्व जन्म के फल मे फसा जीव भवर मे फसे कीड़े के समान मुक्ति नही पाता। शुभ कर्मो के परिणाम से अनेक जन्मों के बाद उसकी मति मोक्ष की ओर होती है तब किसी सच्चे गुरु का आश्रय मिलता है और लबे समय तक उसकी सेवा करके वह मोक्ष को प्राप्त होता है। बुरे चितन से बधन तथा अच्छे चितन से मोक्ष होता है। अत· सदा उत्तम चितन करना चाहिए। माया के अध्यारोप एवं अपवाद को जानकर ही स्वरूप का निश्चय होता है। अत सदा जगत, जीव एव परमात्मा के विषय मे चितन करना चाहिए। इससे जीव एवं जगत से मुक्त एकमात्र ब्रह्म ही शेष रहता है।' (14-18)

तृतीय अध्याय

इसके पश्चात पैगल ने याज्ञवल्क्य से महावाक्यों के विषय में बताने का निवेदन किया, तब याज्ञवल्क्य बोले—'तत्त्वमसि (तुम वही हो), 'त्वं तदसि' (तुम वह हो), 'त्व ब्रह्मासि' (तुम ब्रह्म हो) तथा 'अह ब्रह्मास्मि' (मै ब्रह्म हू), ये महावाक्य हैं, इनके विषय मे चिंतन करना चाहिए। तत (वह) से सर्वज्ञता आदि लक्षणोवाले माया की उपाधि से युक्त, सच्चिदानंद स्वरूप, अव्यक्त ईश्वर का बोध होता है, जो जगत का मूल स्थान है। अंतःकरण की उपाधि के कारण ईश्वर से भिन्न होने का बोध होने से 'त्वम्' पद द्वारा सूचित किया जाता। ईश्वर की उपाधि माया तथा जीव की अविद्या है। इन दोनों उपाधियो को अलग कर देने से 'तत' और 'त्वम' (वह और तुम) शब्द फिर प्रत्यक्ष आत्मा ब्रह्म को बताते है। इसी प्रकार 'तत्त्वमसि' एव 'अहं ब्रह्मास्मि' वाक्यों को सुना जाता है। एकात मे इन महावाक्यो पर खोज करनी चाहिए। इसी को मनन कहा गया है। श्रवण एवं मनन से जो निष्कर्ष निकलता है, उसके साथ चित्त को लगाना निदिध्यासन है। ध्याता एव ध्यान को छोडकर जब चित्त केवल ध्येय में रहता है, तब उसकी स्थिति वायुरहित स्थान में रखे दीपक की जैसी हो जाती है। इसी अवस्था को समाधि कहते है। इसमें सभी वृत्तियां आत्मा से मिल जाती है, दिखाई नही पड़ती, उनका केवल स्मरण ही होता है। इस अवस्था से करोडों योनियों के कर्म लय हो जाते है। फिर कुशल अभ्यास से हजार धाराओं से अमृत फूटता है इसीलिए समाधि धर्म मेध कही जाती है। इसमें सभी वासनाए और पाप-पुण्य नष्ट हो जाते हैं। 'तत्त्वमसि' का पहले विचार हुआ अर्थ हथेली मे रखे आंवले के समान स्पष्ट हो जाता है। ब्रह्म से साक्षात्कार होकर योगी जीवन्मुक्त हो जाता है।' (1-5)

'ईश्वर उपर्युक्त पचीकृत भूतों को पुन अपचीकृत (मूल रूप में) करना चाहता है। ब्रह्माड

आदि लोको को पुन इनके (बनाने वाले) कारणो में पांच भूतो को मिला दिया। भूमि जल मे, जल अग्नि मे, अग्नि वायु मे, वायु आकाश मे, आकाश अहकार मे, अहकार महत् में तथा महत् अव्यक्त पुरुष मे क्रम से विलीन हो जाते हैं। विराट, हिरण्यगर्भ तथा ईश्वर भी उपाधि के लय हो जाने पर परमात्मा में लीन हो जाते है। पचीकृत महाभूतों से उत्पन्न और कर्मो के संचय से प्राप्त यह स्थूल भी बधन करने वाले कर्मो के नष्ट होने से तथा सत कर्मो के परिणाम से अपचीकृत होकर सूक्ष्म में मिलकर फिर अपने कारणो को प्राप्त होता है। अत में यह कारणो के भी कारण कूटस्थ परमात्मा मे विलीन हो जाता है। विश्व, तेजस और प्राज्ञ भी अपनी-अपनी उपाधियो के लय हो जाने पर प्रत्यगात्मा मे लीन हो जाते है।' (6-7)

'ब्रह्मांड अपनी कारण अविद्या के साथ ज्ञान की अग्नि मे जलकर परमात्मा मे लीन होता है। इसलिए ब्रह्मज्ञानी को 'तत' (वह—ब्रह्म) तथा 'त्वं' (तुम—जीव) दोनो शब्दो मे सदा एकता देखनी चाहिए। ऐसा करने से उसका आत्मा से वैसे ही साक्षात्कार होता है, जैसे बादलो के हट जाने पर सूर्य से ' कलश मे रखे हुए दीपक के समान ही अपने शरीर मे रखे हुए धुएं से रहित ज्योति के समान अगुष्ठ मात्र आत्मा का ध्यान करना चाहिए। अत मे स्थित प्रकाशमय कूटस्थ आत्मा का मृत्यु के समय तक ध्यान करनेवाला व्यक्ति जीवन्मुक्त होकर मृत्यु के बाद बद वायु के समान विदेह मुक्ति को प्राप्त करता है। फिर शब्द आदि विषयो से रहित, अव्यय, नित्य, अनादि, अनत एव महत् से भिन्न ध्रुव एव निरामय ब्रह्म ही शेष रहता है।' (8-12)

चतुर्थ अध्याय

याज्ञवल्क्य से पैगल द्वारा यह पूछे जाने पर कि ज्ञानियो के क्या कर्म है ? तथा उनकी स्थिति कैसी है ? याज्ञवल्क्य बोले—'अमानित्व आदि साधनोवाला मोक्ष का इच्छुक अपनी इक्कीस पीढ़ियों का तथा ब्रह्म को जान लेनेवाला अपनी एक सौ एक पीढियो का तारण करता है। आत्मा को रथी, शरीर को रथ, बुद्धि को सारथी, मन को लगाम तथा इद्रियों को घोडे समझो, जो शब्द आदि विषयो के मार्ग पर चलते हैं। किन्तु मनीषियों का हृदय विमान के समान इन मार्गो से हटकर चलता है। महर्षियों का कहना है कि आत्मा इद्रियो आदि से युक्त होकर भोक्ता बनता है और इसके हदय मे साक्षात नारायण रहते है। पूर्व जन्म के कर्मो का नाश होने तक जीव को साप की केचुल के समान शरीर धारण करने पड़ते है। जो अपने कर्मों को कृष्ण-पक्ष के चद्रमा की तरह घटाते हुए आगे बढ़ते है, वे मुक्त हो जाते है। ऐसा व्यक्ति चाहे तीर्थ मे देह त्यागे या चाडाल के यहा, वह कैवल्य ही पाता है। उसके शरीर को चाहे फिर अग्नि मे जलाया जाए अथवा गड्ढे मे दबाया जाए (यहां केवल सन्यासियो के लिए ही गड्ढे में दबाने से तात्पर्य है) सन्यासी की मृत्यु पर सूतक नही होता तथा उसे पिंड, जल आदि भी नही दिए जाते, क्योंकि जले हुए को पुन नही जलाया जाता और पके हुए को पुन नही पकाया जाता। सन्यासी का शरीर ज्ञान की अग्नि में पहले से ही जला होता है, अत उसकी श्राद्ध क्रिया भी नही की जाती है।' (1-10)

'जब तक सांसारिक उपाधि का नाश न हो, तब तक गुरु, उसकी पत्नी तथा उसके पुत्र की सेवा करनी चाहिए। मैं शुद्ध मनवाला, चित्त रूप, 'वही महिष्णु हू', इस ज्ञान के मिलने पर जब ज्ञान

स्वरूप आत्मा हृदय में स्थित हो जाए,तब साधक मन एव बुद्धि से शून्य होकर परम शाति पद को पाता है। अमृत छक लेने पर दूध की कोई आवश्यकता नहीं होती। इसी प्रकार अपनी आत्मा का ज्ञान हो जाने पर वेदों से कोई प्रयोजन नही रह जाता,ज्ञान के अमृत से तृप्त योगियो को कोई भी कर्तव्य नही रह जाता। यदि कोई कर्तव्य शेष रहे,तो समझना चाहिए कि वह पूर्णज्ञानी नही है। वह दूर रहने पर भी पास है तथा पिड में रहने पर भी इससे पृथक् सर्वव्यापी प्रत्यगात्मा है। हृदय को निर्मल करके 'मै ही अनामय ब्रह्म हू',और 'परम सुख हू',जैसे जल मे जल या दूध में मिलाने पर दोनों एकरूप हो जाते है,उसी प्रकार जीवात्मा एव परमात्मा के मिल जाने पर दोनो एक ही हो जाते हैं। जब देह के ज्ञानमय हो जाने पर बुद्धि अखडाकार हो जाती है,तब विद्वान इस ज्ञान की अग्नि से कर्म वधनों को जलाए। तब पवित्र होकर निर्मल आकाश के समान अद्वैत ब्रह्म मे स्वय को उपाधि रहित आत्मा के रूप में पाकर जल मे जल के समान मिला दे। आत्मा आकाश जैसा सूक्ष्म और वायु के समान न दिखाई देनेवाला है। वह भीतर एव बाहर दोनों ओर से निश्चल है। केवल ज्ञान की मशाल से ही उसे देखा जा सकता है। ज्ञानी चाहे कही भी और कैसे भी मृत्यु को प्राप्त हो,वह ब्रह्म मे ही लीन होता है,क्योंकि आकाश के समान ही ब्रह्म भी सर्वत्र है।' (11-20)

'चाहे व्यक्ति एक पाव पर खडा होकर हजार वर्ष तक तप करे,तब भी वह ध्यान योग की सोलह कलाओ में एक कला को भी नही पा सकता। समस्त ज्ञान को प्राप्त करने के लिए यदि एक हजार वर्ष तक भी शास्त्रों का अध्ययन करे,तब भी उसे इसका अत नही मिलेगा। अत मनुष्य जान ले कि केवल अक्षर ब्रह्म ही सत्य है। जीवन चचल है। इसलिए शास्त्रो के जाल को छोडकर इसी सत्य की उपासना करनी चाहिए। अनंत कर्म,पवित्रता,जप,यज्ञ तीर्थ आदि का महत्त्व तत्त्व ज्ञान के प्राप्त होने तक ही है। महात्माओं के लिए मोक्ष का 'मै ब्रह्म हू',यही एकमात्र आधार है। मोक्ष एव बधन के लिए कारण केवल दो ही शब्द है। पहला 'मेरा नही है' दूसरा 'मेरा है'। सासारिकता को अपना समझना बधन है तथा इसे अपना न समझना मोक्ष का कारण है। उन्मनी अवस्था होने पर यह द्वैत भाव समाप्त हो जाता है और परम पद प्राप्त हो जाता है। इसमें जहा भी मन रहता है,वही परम पद रहता है। परम ब्रह्म को सब जगह स्थित मानना चाहिए। अपने को ब्रह्म न मानना आकाश में मुट्ठी मारने तथा चावलों के लिए भूसी कूटने के समान है। इससे उसकी कभी मुक्ति नही होती। इस उपनिषद् का नित्य अध्ययन करने से व्यक्ति अग्नि,वायु,सूर्य,ब्रह्म तथा रुद्र के समान पवित्र हो जाता है। उसे सभी तीर्थो मे स्नान का,सभी वेदों के अध्ययन का तथा उनके व्रतो का फल मिलता है। उसे इतिहास-पुराणो का,एक लाख रुद्र जप का तथा दस हजार प्रणव जप का फल मिलता है। उसकी दस पिछली तथा दस आनेवाली पीढिया तर जाती है। उसके साथ बैठने से ही लोग पवित्र हो जाते है। वह वस्तुत महान हो जाता है,साथ ही वह ब्रह्म-हत्या,सुरापान,स्वर्ण की चोरी,गुरु-पत्नी से व्यभिचार आदि के दोषों से मुक्त हो जाता है। जैसे आखों से आकाश दिखाई देता है,वैसे ही वह विद्वान विष्णु के परम पद को देखता है। वे क्रोधहीन विप्र विष्णु के उस परम पद की स्तुति करके उसे देखते है। यह सत्य ज्ञान का सार है।' (21-30)

□

54. महावाक्योपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्रं कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिर्भियर्जत्रा
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवां सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु ।
स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति शांति शाति ।

हम कानो से कल्याणमय वचन सुने, नेत्रो से कल्याणमय चीजों को देखे और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे । इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करे । दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दु ख शात हो ।

एक बार भगवान् ब्रह्मा ने कहा, 'मै प्रत्यक्ष अनुभव से प्राप्त उपनिषद् की व्याख्या करता हू । यह ज्ञान परम गोपनीय है; अत· इसे साधारण व्यक्तियो को नही बताना चाहिए । सात्त्विक, अतर्मुखी तथा गुरु की सेवा करनेवाले को ही यह ज्ञान देना चाहिए । संसार मे बधन और मोक्ष के दो नेत्र (कारण) है—विद्या तथा अविद्या (ज्ञान एव अज्ञान) । इन्हे अच्छी तरह समझकर इस बात को जान लेना चाहिए कि यह समस्त ससार अविद्यारूपी नेत्र है । इस नेत्र से दिखाई देनेवाला सब कुछ असत्य है । समस्त वेदो मे कहा गया सकाम कर्म का व्यवहार भी इसी के कारण है । आत्मा अज्ञान के अधकारवाला नहीं है । विद्या (ज्ञान) इस अज्ञान से भिन्न परम ज्योति से प्रकाशित है । अत इसी को ग्रहण करना चाहिए । आदित्य रूप ब्रह्म सासों द्वारा प्रत्येक शरीर में रहता है । यह बिना अधिक प्रयत्न द्वारा प्राप्त होनेवाला हस नामवाला है । स्वय को इसी का अश मानकर प्राण, अपान, श्वास, प्रश्वास को जानकर लबे समय तक साधना करें । तब तीन स्वरूपोंवाले ब्रह्म का ध्यान करने पर सच्चिदानंद परमात्मा का ज्ञान होता है । (1-6)

'यह तत्त्व ज्ञान हजारों सूर्यों से युक्त अविचल समुद्र के समान है । यह समाधि, योगसिद्धिया, मन का लय होना भी नही है । समस्त रूपों पर विचार करके अज्ञान का नाश होने पर ही ब्रह्म की प्राप्ति होती है । इंद्र आदि ने भी कहा है कि उस ब्रह्म को इस प्रकार समझनेवाला इसे प्राप्त करता है । मोक्ष का कोई अन्य मार्ग नही है । इद्र आदि ज्ञानलय द्वारा यज्ञ करके जीवन्मुक्त होकर अपने साध्य के स्थान में पहुंच गए । मै वही अर्क हूं, परम प्रकाशमान कल्याणस्वरूप हू, वही आत्मज्योति, शुक्र, सबके ज्योति ब्रह्म से मैं अलग नही हू । इस ब्रह्मज्ञान को प्रात पढने से रात्रि में किए गए पाप नष्ट होते है । सायंकाल पढने से दिन के पाप नष्ट होते हैं । साय-प्रात दोनों समय पढने मे व्यक्ति पापहीन हो जाता है । दोपहर में सूर्य की ओर मुख करके पढ़ने से पांच महापापो मे मुक्ति मिलती है तथा सभी वेदों के अध्ययन का फल मिलता है और श्री महामाया एव विष्णु के लोक की प्राप्ति होती है । (7-12) □

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावि्म् एधि । वेदस्य न आणीस्थ श्रुत मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रान्संदधामृतं वदिष्यामि । सत्य बदिष्यामि तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतुवक्तारमवतु वक्तारम् ।

ॐ शाति· शांति· शाति ।

हे परमात्मा ! मेरी वाणी मन में प्रतिष्ठित हो, मेरा मन वाणी में प्रतिष्ठित हो, तुम मेरे समक्ष प्रकट होओ । मुझे वेदों का ज्ञान दो । मै सुने हुए ज्ञान को न भूलूं । इस अध्ययन से मै रात-दिन एक कर दू, मै ऋत एव सत्य वोलू । मेरी रक्षा करो । मेरे गुरु की रक्षा करो । हम दोनो की रक्षा करो । दैहिक, दैविक तथा भौतिक, तीनों प्रकार के ताप (कष्ट) शात हों ।

प्रथम अध्याय

प्रत्यक्ष आनंद ब्रह्म पुरुष प्रणव के 'अ', 'उ' तथा 'म्' ये तीन अक्षर है । इसी प्रणव को 'ओम' भी कहा जाता है, जिसके जप से योगी जन्म और संसार के बधन से छूट जाता है । 'शख, चक्र तथा गदा धारण करनेवाले भगवान नारायण को नमस्कार है ।' इस मत्र से 'ॐ नमो नारायणाय', इस मत्र का उपासक बैकुठ लोक को जाता है । इस हृदय के ब्रह्मपुर कमल में प्रकाशित होनेवाला दीपक या विद्युत के समान देवकी पुत्र, मधुसूदन, पुंडरीकाक्ष तथा अच्युत विष्णु ब्रह्मज्ञानियों के हितैषी है । वही नारायण सभी प्राणियो मे रहनेवाले जो सबके कारण हैं और जिनका कोई कारण नही है, वही परम ब्रह्म 'ओम्' है । इस प्रकार के विष्णु का ध्यान करने से व्यक्ति शोक एव मोह से छूट जाता है । वह द्वैत भी है, अद्वैत भी है और द्वैत-अद्वैत भी है । जो इसे नही जानता है, वह मृत्यु के वाद भी मृत्यु को प्राप्त करता है । हृदय कमल में रहनेवाला ब्रह्म ही प्रज्ञान स्वरूप, प्रज्ञान नेत्र तथा प्रज्ञान मे ही रहनेवाला है । इसको जाननेवाला ज्ञानी इस लोक के वाद स्वर्ग लोक मे जाकर समस्त कामनाओ को प्राप्त करके अमर हो जाता है । जहा कभी समाप्त न होनेवाली ज्योति है, जहां चारों ओर पूजा होती है, उस अमर लोक में हमें स्थान दे ।

द्वितीय अध्याय

मेरे लिए माया गल गई है, मेरा 'मैं' समाप्त हो गया है, आत्मा एवं परमात्मा का भेद नष्ट हो गया है तथा अव मैं अतुलनीय रूप मात्र हू । मैं अलग नही हू, समस्त नियम-निषेध मेरे लिए नष्ट हो गए हैं, मैंने धर्म त्याग दिया है, मैं परम सुखी तथा ज्ञानी हूं । मैं साक्षी हूं, निरपेक्ष हू, अपनी महिमा से स्थित हू, अचल, अजर, अमर, अव्यय, पक्ष-विपक्ष से ऊपर, ज्ञान स्वरूप, मोक्ष के आनद का समुद्र, सूक्ष्म तथा अक्षर हूं । मेरे लिए सत्व, रजस एवं तमस इन तीनों गुणों का नाश हो गया । मैं कूटस्थ चेतन, एक, अविकल, निर्मल, निर्वाण रूप, हंस, केवल, विभु, जानने योग्य, परमानंद, शुद्ध, शाश्वत आदि हू । (1-10)

विवेक बुद्धि से मैं जानता हूं कि आत्मा अद्वैत है, तथापि वंधन एवं मोक्ष का व्यवहार प्रतीत हो रहा है। जैसे रस्सी से सांप का भ्रम दूर हो जाता है और रस्सी की वास्तविकता का पता लग जाता है, वैसे ही माया का भ्रम दूर होने पर केवल ब्रह्म ही दिखाई दे रहा है। जैसे गन्ने में मिठास व्याप्त होती है, वैसे ही मैं अद्वैत ब्रह्म के समान तीनों लोकों में व्याप्त हूं। ब्रह्मा से कीड़े तक सब मुझमें हैं। केवल आनंद रूप होने से अब मुझे विषयों की इच्छा नही है। संपन्न के लिए दरिद्रता के समान मुझे इनकी कोई संभावना नही है। अमृत और विष में से विष का त्याग करने के समान मैंने आत्मा को देखकर अनात्मा का त्याग कर दिया है। घड़े के टूट जाने पर भी जैसे उसे प्रकाशित करनेवाला सूर्य नष्ट नही होता, वैसे ही देह का साक्षी इसके नष्ट होने पर स्वयं नष्ट नही होता। अब मेरे लिए वंधन, मोक्ष, शास्त्र, गुरु, कुछ भी नही है। प्राण चला जाए, आ नंद मन कर्मो सहित नष्ट हो जाए, किंतु आनद ज्ञानमय होने से मुझे अब कोई दु ख नही है। (11-21)

मेरा अज्ञान नष्ट हो गया है। मैं आत्मा का सत्य स्वरूप जान चुका हूं। 'मैं कार्य करनेवाला हू' मेरा यह भाव भी नष्ट हो गया है। मुझे अब कुछ कार्य नही करना है। ब्राह्मणत्व, कुल-गोत्र, नाम, सुंदरता आदि का संबंध स्थूल देह से होता है, किंतु मैं स्थूल देह से अलग हूं। अत इन सबसे अब मेरा संबंध नष्ट हो गया है। भूख, प्यास, काम, क्रोध आदि लिंगी शरीर के गुण हैं, मैं इस शरीर से रहित हूं। अत अब मैं इनसे मुक्त हूं। इसी प्रकार जड़ता, प्रियता आदि से भी मुक्त हो गया हूं, क्योंकि ये कारण शरीर के धर्म हैं, जबकि मैं विषय एवं निर्विकार हूं। जैसे उल्लू को सूर्य अधकारमय दिखाई देता है, वैसे ही अज्ञानी को स्वयं प्रकाश परमानंद अज्ञानमय दिखाई देता है। जैसे वादलों से ढका सूर्य दिखाई नही पड़ता वैसे ही अज्ञानी को अज्ञान से परमात्मा नहीं दिखाई देता और वह 'ब्रह्म नही है', ऐसा मानने लगता है। जैसेअमृत का विष पर कोई प्रभाव नहीं पडता, वैसे ही जड़ जगत का मुझ पर कोई प्रभाव नही पड़ता। छोटा दीपक भी जैसे अंधकार नष्ट करता है, वैसे ही थोड़ा-सा आत्मज्ञान अज्ञान को नष्ट करता है। रस्सी में जैसे सर्प तीनों कालों में नही होता, वैसे ही मेरे लिए देह और अज्ञान नही है। चैतन्य-सत्य के दर्शन से मेरे लिए जड़ता एव असत्य नष्ट हो गए हैं और अज्ञान के कारण सत्य प्रतीत होनेवाले दुःख भी आनंदमय हो जाने से समाप्त हो गए हैं। इस आत्म-प्रवोध उपनिषद का क्षण-भर के लिए भी मनन करने से पुनर्जन्म से मुक्ति मिल जाती है। (22-31)

□

56. कैवल्योपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

परमात्मा हम दोनो (गुरु एव शिष्य) की एक साथ रक्षा करे, एक साथ हमें उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम द्वेष न करे।

महर्षि अश्वलायन समिधा लेकर ब्रह्मा के पास गए और उन्होने उनसे निवेदन किया कि वह उन्हे श्रेष्ठ एव गोपनीय ब्रह्मविद्या का उपदेश दें, जिस पर चलने से पूर्वजन्म के कर्मो से छुटकारा मिलकर ब्रह्म की प्राप्ति होती है। इस पर ब्रह्मा बताने लगे, 'उस परम तत्त्व की प्राप्ति के लिए श्रद्धा, भक्ति एव योग का सहारा लेना पडता है, अत तुम भी ऐसा ही करो। उसे सपत्तियो या कर्म से नही पाया जा सकता। त्याग के मार्ग से ही उसे प्राप्त कर सकते है। एकात में पवित्र होकर सुखासन मे तनकर बैठकर भक्ति से गुरु को चितन प्रणाम करके देह में स्थित शोकरहित हृदय पुडरीक का चितन करे। चितन से परे प्रशात ब्रह्म, आदि, मध्य एव अतहीन, अदभुत, आनंद स्वरूप उमा सहित तीन आखोंवाले भगवान शिव का ध्यान करने से मुनि लोग यम से भी ऊपर ब्रह्म को प्राप्त करते है। वही विष्णु, अग्नि, प्राण, चंद्रमा, भूत, भविष्य एवं सनातन है। मृत्यु स मुक्ति के लिए उसके ध्यान के अतिरिक्त कोई मार्ग नही है। अत सभी प्राणियों को अपने में और अपने को सभी प्राणियों में देखने से ही ब्रह्म मिलता है। (1-10)

'स्वयं को तथा प्रणव को अरणि बनाकर ज्ञान से इन्हें घिसने पर पाप जल जाते है। माया से पागल बना हुआ प्राणी स्त्री आदि भोगो से तृप्ति अनुभव करता है और स्वप्नावस्था मे वह माया से कल्पना करके तमोगुण से दु ख-सुखों की अनुभूति करता है। सुषुप्ति मे माया का प्रपच समाप्त हो जाने पर भी जीव तमोगुण से पराजित होकर पूर्वजन्म के कर्मो से सुख प्राप्त करता है। स्थूल, सूक्ष्म एव कारण शरीरों के लय होने पर माया से छुटकारा मिलता है और अखड आनद मिलता है। इसी से मन, प्राण, इद्रिया आदि जन्म लेती है, जो आकाश आदि को धारण करती है। अत्यंत सूक्ष्म, सबका आत्मा एव निवास ब्रह्म ही नित्य तत्त्व है, इसके दिखाई देने पर जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति अवस्थाए नष्ट हो जाती हैं और 'वह ब्रह्म मैं ही हू' ज्ञान होने पर समस्त माया का बंधन नष्ट हो जाता है। तब लगता है कि तीनों अवस्थाओ का भोग करनेवाला, भोग आदि सब मैं ही हू, वह सदा शिव-चैतन्य-विचित्र लक्षणोंवाला सब मैं ही हूं, सब कुछ मुझमें ही स्थित है, मुझमें ही लय होगा और मे ब्रह्म से भिन्न नही हू। मै अणु से भी छोटा तथा अत्यत विशाल हूं। मैं सबसे पुराना पुरुष ईश्वर आदि हूं।' (11-20)

'मै हाथ-पाव रहित अदभुत शक्ति हूं, बिना आंखों एवं कानों के देखता एव सुनता हू, मै विशेष जानकर हू, मुझे जाननेवाला कोई नही है, सारे वेद मेरा ही गुणगान करते हैं, मैं ही वेदों को

विवेक बुद्धि से मै जानता हूं कि आत्मा अद्वैत है, तथापि बंधन एवं मोक्ष का व्यवहार प्रतीत हो रहा है। जैसे रस्सी से साप का भ्रम दूर हो जाता है और रस्सी की वास्तविकता का पता लग जाता है, वैसे ही माया का भ्रम दूर होने पर केवल ब्रह्म ही दिखाई दे रहा है। जैसे गन्ने में मिठास व्याप्त होती है, वैसे ही मै अद्वैत ब्रह्म के समान तीनो लोकों में व्याप्त हूं। ब्रह्मा से कीडे तक सब मुझमें है। केवल आनंद रूप होने से अब मुझे विषयों की इच्छा नही है। संपन्न के लिए दरिद्रता के समान मुझे इनकी कोई सभावना नहीं है। अमृत और विष में से विष का त्याग करने के समान मैने आत्मा को देखकर अनात्मा का त्याग कर दिया है। घड़े के टूट जाने पर भी जैसे उसे प्रकाशित करनेवाला सूर्य नष्ट नही होता, वैसे ही देह का साक्षी इसके नष्ट होने पर स्वयं नष्ट नही होता। अब मेरे लिए बधन, मोक्ष, शास्त्र, गुरु, कुछ भी नही है। प्राण चला जाए, आ नंद मन कर्मों सहित नष्ट हो जाए, किंतु आनंद ज्ञानमय होने से मुझे अब कोई दु.ख नहीं है। (11-21)

मेरा अज्ञान नष्ट हो गया है। मै आत्मा का सत्य स्वरूप जान चुका हू। 'मै कार्य करनेवाला हू' मेरा यह भाव भी नष्ट हो गया है। मुझे अब कुछ कार्य नहीं करना है। ब्राह्मणत्व, कुल-गोत्र, नाम, सुंदरता आदि का संबंध स्थूल देह से होता है, किंतु मै स्थूल देह से अलग हू। अत इन सबसे अब मेरा संबंध नष्ट हो गया है। भूख, प्यास, काम, क्रोध आदि लिगी शरीर के गुण है, मै इस शरीर से रहित हूं। अत· अब मै इनसे मुक्त हूं। इसी प्रकार जड़ता, प्रियता आदि से भी मुक्त हो गया हू, क्योकि ये कारण शरीर के धर्म है, जबकि मै विषय एवं निर्विकार हूं। जैसे उल्लू को सूर्य अंधकारमय दिखाई देता है, वैसे ही अज्ञानी को स्वय प्रकाश परमानंद अज्ञानमय दिखाई देता है। जैसे बादलों से ढका सूर्य दिखाई नही पड़ता वैसे ही अज्ञानी को अज्ञान से परमात्मा नही दिखाई देता और वह 'ब्रह्म नही है', ऐसा मानने लगता है। जैसेअमृत का विष पर कोई प्रभाव नही पडता, वैसे ही जड़ जगत का मुझ पर कोई प्रभाव नहीं पडता। छोटा दीपक भी जैसे अधकार नष्ट करता है, वैसे ही थोड़ा-सा आत्मज्ञान अज्ञान को नष्ट करता है। रस्सी में जैसे सर्प तीनो कालो में नही होता, वैसे ही मेरे लिए देह और अज्ञान नही है। चैतन्य-सत्य के दर्शन से मेरे लिए जड़ता एव असत्य नष्ट हो गए है और अज्ञान के कारण सत्य प्रतीत होनेवाले दु ख भी आनंदमय हो जाने से समाप्त हो गए है। इस आत्म-प्रबोध उपनिषद का क्षण-भर के लिए भी मनन करने से पुनर्जन्म से मुक्ति मिल जाती है। (22-31)

□

56. कैवल्योपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

परमात्मा हम दोनो (गुरु एव शिष्य) की एक साथ रक्षा करे, एक साथ हमें उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम द्वेष न करें।

महर्षि अश्वलायन समिधा लेकर ब्रह्मा के पास गए और उन्होने उनसे निवेदन किया कि वह उन्हे श्रेष्ठ एव गोपनीय ब्रह्मविद्या का उपदेश दें, जिस पर चलने से पूर्वजन्म के कर्मो से छुटकारा मिलकर ब्रह्म की प्राप्ति होती है। इस पर ब्रह्मा बताने लगे, 'उस परम तत्त्व की प्राप्ति के लिए श्रद्धा, भक्ति एव योग का सहारा लेना पडता है, अत तुम भी ऐसा ही करो। उसे सपत्तियों या कर्म से नही पाया जा सकता। त्याग के मार्ग से ही उसे प्राप्त कर सकते है। एकात में पवित्र होकर सुखासन में तनकर बैठकर भक्ति से गुरु को चितन प्रणाम करके देह में स्थित शोकरहित हदय पुडरीक का चितन करें। चितन से परे प्रशात ब्रह्म, आदि, मध्य एव अतहीन, अदभुत, आनद स्वरूप उमा सहित तीन आखोवाले भगवान शिव का ध्यान करने से मुनि लोग यम से भी ऊपर ब्रह्म को प्राप्त करते है। वही विष्णु, अग्नि, प्राण, चद्रमा, भूत, भविष्य एव सनातन है। मृत्यु स मुक्ति के लिए उसके ध्यान के अतिरिक्त कोई मार्ग नही है। अत सभी प्राणियों को अपने में और अपने को सभी प्राणियो में देखने से ही ब्रह्म मिलता है। (1-10)

'स्वय को तथा प्रणव को अरणि बनाकर ज्ञान से इन्हें घिसने पर पाप जल जाते है। माया से पागल बना हुआ प्राणी स्त्री आदि भोगो से तृप्ति अनुभव करता है और स्वप्नावस्था मे वह माया से कल्पना करके तमोगुण से दु ख-सुखो की अनुभूति करता है। सुषुप्ति मे माया का प्रपच समाप्त हो जाने पर भी जीव तमोगुण से पराजित होकर पूर्वजन्म के कर्मों से सुख प्राप्त करता है। स्थूल, सूक्ष्म एव कारण शरीरों के लय होने पर माया से छुटकारा मिलता है और अखड आनद मिलता है। इसी से मन, प्राण, इंद्रिया आदि जन्म लेती है, जो आकाश आदि को धारण करती है। अत्यत सूक्ष्म, सबका आत्मा एव निवास ब्रह्म ही नित्य तत्त्व है, इसके दिखाई देने पर जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति अवस्थाए नष्ट हो जाती है और 'वह ब्रह्म मै ही हू' ज्ञान होने पर समस्त माया का बधन नष्ट हो जाता है। तब लगता है कि तीनों अवस्थाओ का भोग करनेवाला, भोग आदि सब मै ही हू, वह सदा शिव-चैतन्य-विचित्र लक्षणोंवाला सब मै ही हूं, सब कुछ मुझमें ही स्थित है, मुझमें ही लय होगा और मै ब्रह्म से भिन्न नही हू। मै अणु से भी छोटा तथा अत्यत विशाल हू। मै सबसे पुराना पुरुष ईश्वर आदि हू।' (11-20)

'मै हाथ-पाव रहित अदभुत शक्ति हूं, बिना आखो एव कानो के देखता एव सुनता हू, मै विशेष जानकर हू, मुझे जाननेवाला कोई नही है, सारे वेद मेरा ही गुणगान करते है, मै ही वेदो को

बनानेवाला हू,मै पाप,पुण्य,जन्म,मृत्यु,देह,इंद्रिय,पृथ्वी,अग्नि आदि से रहित हू,इस प्रकार गुहा में स्थित कलारहित अद्वितीय परमात्मा को जानकर व्यक्ति सत्-असत् परमात्मा के स्वरूप को प्राप्त करता है। जो सौ रुद्रीय का अध्ययन करता है;वह अग्नि के समान पवित्र हो जाता है। उसके सोने की चोरी,सुरापान,ब्रह्महत्या,बुरे-भले पाप छूट जाते हैं और वह पवित्र हो जाता है। इससे भवसागर का नाश करनेवाला ज्ञान प्राप्त होता है। अतः इसे जानकर कैवल्य का फल मिलता है' (21-26)।

□

अपान वायु के वेग से कभी भी एक स्थान पर स्थिर नहीं रहता है। यह जीव (प्राण) वस्तुत अपने वश में न होकर प्राण एव अपान इन दो वायुओ के वश में है और सदा ही इन दोनो के द्वारा ऊपर-नीचे दौडता रहता है। इस प्रकार यद्यपि यह दाए-बाए मार्गों से सदा सचार करता रहता है, किंतु यह इतना चचल होता है कि दिखाई ही नहीं देता है। जैसे एक बाज जो रस्सी से बधा रहता है, वह चाहे उडने का कितना ही प्रयत्न क्यो न करे, जब चाहे रस्सी के द्वारा पुन. खीच लिया जाता है, उसी प्रकार सासारिक गुणो से बधा हुआ जीव भी प्राण एव अपान वायुओं द्वारा बार-बार खीचा जाता रहता है। प्राण अपान को ऊपर की ओर खीचता रहता है तथा अपान प्राण को नीचे की ओर खीचता रहता है। इस प्रकार इन दोनों ही वायुओ की शक्ति से यह जीव निरतर ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर खिचता रहता है। जो इस गति को समुचित रूप से जान लेता है, वह योग का वेत्ता बन जाता है। (26-30)

यह प्राण वायु जब उदर से बाहर निकलती है, तो उस समय 'ह' ध्वनि की जैसी प्रतीति होती है, अत कहा जाता है कि यह 'ह'कार ध्वनि के साथ बाहर को आता हैऔर पुन· जब यह अदर को जाती है, तब 'स' का उच्चारण करता हुआ जान पडती है, इसीलिए कहा जाता है कि वह सकार का उच्चारण करती हुई अदर जाती है। इन दोनों वर्णों को मिलाकर 'हस' शब्द बनता है, इस प्रकार यह जीव सदा-सर्वदा हस मंत्र का जप करता रहता है। एक दिन एक रात्रि मे कुल मिलाकर यह इक्कीस हजार छ सौ मंत्रो को जपता है, क्योकि इतनी ही बार यह अन्दर से बाहर आता है तथा पुन बाहर से उदरस्थ होता है। इसे अजपा नाम की गायत्री कहा जाता है, यह योगियो के लिए सदा मोक्ष देनेवाली कही जाती है। इसका केवल सकल्प ही कर लेने से भी साधक को उसके सभी पापो से मुक्ति मिल जाती है। कहा गया है कि इस अजपा गायत्री के समान न तो कोई विद्या है, न इसके समान कोई जप है और न ही इसके समान कोई ज्ञान है। यहां तक कि न तो इसके समान विद्या, ज्ञान या जप अभी तक कोई हुआ है और न भविष्य मे ही होगा। कुडलिनी मे उत्पन्न होनेवाली गायत्री प्राणो को धारण करने की शक्ति से युक्त है, अत इसे प्राण-विद्यामय कुंडलिनी कहा जाता है। यह कुडलिनी से उत्पन्न गायत्री अर्थात प्राण विद्या कुंडलिनी एक ज्ञान स्वरूप है, क्योकि इसका ज्ञाता वेदों का जाननेवाला हो जाता है। (31-35)

कन्द के ऊर्ध्व भाग मे कुडली शक्ति होती है, जो आठ प्रकार की कही है। इसकी आकृति कुडल की तरह होती है। यह सदा ही ब्रह्म द्वार का अपने मुख से आच्छादित करती हुई स्थित रहती है। निष्पाप हो जाने पर मनुष्य के प्राण इसी ब्रह्म द्वार से निकलते है; किंतु यह सदा इसे ढके रहती है तथा सदा सुप्तावस्था मे रहती है। यह परमेश्वरी स्वरूपा है। वह्नि के, मन के तथा वायु के साथ सयुक्त होकर वह प्रबुद्ध बन जाती है और तब इसका आकार सुई के समान अत्यत सूक्ष्म हो जाता है। इस प्रकार की बन जाने पर यह सुषुम्ना नाड़ी के साथ ऊपर को चली जाती है। जैसे घर के द्वार को कुजी (चाबी) द्वारा खोला जाता है, ठीक उसी प्रकार योगी कुंडलिनी द्वारा मोक्ष द्वार का भेदन करता है। सर्वप्रथम हाथो को संपुटित कर ले। फिर पूर्ण दृढ़ता के साथ पद्मास लगाकर बैठ जाए, चिबुक को (ठोड़ी) भी दृढता से सामने गले के नीचे वक्षस्थल से संयुक्त करे। फिर ब्रह्म के प्रति ध्यान लगाने की चेष्टा करे। इसके पश्चात बार-बार अपान वायु को ऊपर की ओर खीचे और

कब हुई ? तथा यह लय कब होती है ? अपने पुत्र की इच्छा को व्यास ने अच्छी तरह से समझ लिया और उन्हें सारी बातें समझायी, किंतु शुकदेव ने अपने मन में विचार किया कि वह स्वयं इन सब बातों को पहले से ही जानते है। अत. उन्होंने अपने पिता की बातों पर विशेष ध्यान नहीं दिया। पिता भी पुत्र के मन की बातों को समझ गए। अत· उन्होंने कहा, 'अभी तुम इस विषय को सही रूप मे नही जानते हो। यदि तुम वास्तव में इसे समझना चाहते हो, तो मिथिला में राजा जनक रहते हैं, जो इस विद्या को सही रूप मे जानते हैं। उन्हीं से तुम भी इस ज्ञान को सही प्रकार प्राप्त कर सकते हो।' पिता की बातों को सुनकर शुकदेव सुमेरु पर्वत से नीचे उतर आए और महाराज जनक की राजधानी मिथिला पहुचे। (11-20)

उन्हे आया हुआ देख राजा जनक के द्वारपालों ने राजा को सूचना दी, 'महाराज ! भगवान व्यास के पुत्र शुकदेव आपसे मिलने हेतु द्वार पर खड़े है।' यह सुनकर बड़े ही अनादर मे राजा जनक बोले, 'ठीक है, आया है, तो रहने दो', और सात दिनों तक उन्होंने शुकदेव से बात भी नहीं की। इसके बाद उन्होने उन्हे आगन में बुलवा लिया, किंतु अगले सात दिनों तक फिर कोई बात नही की। फिर उन्हें अत पुर के आगन में बुलवा लिया, परतु सात दिनों तक बात नही की, और न ही राजा उनके सामने आए। तब सुंदर चद्रमुखी युवतियों द्वारा भोगादि द्वारा राजा ने उनका स्वागत कराया, परतु ये सब भोग और पकवान शुकदेव को बिलकुल भी नही लुभा पाए, उनका मन उस दीपक के समान अविचलित रहा, जो सुरक्षित स्थान पर रखा होता है और हवा उसे हिला भी नही सकती। वे उसी प्रकार प्रसन्नमन, स्वच्छ, निर्विकार और मौन चद्रमा के समान रहे। वास्तव में यह उनकी परीक्षा थी। राजा जनक शुकदेव के स्वभाव के विषय में जान गए। उन्होंने शुकदेव को बुलवा लिया। इतना अनादर होने पर भी शुक प्रसन्नमुख थे। राजा ने उन्हें प्रणाम किया। उनका समुचित सत्कार किया और बोले, 'आप ससार के सभी विषय-भोगों से ऊपर उठ गए हैं। वस्तुत आपकी सभी इच्छाए पूरी हो चुकी है। तब कृपया आप यह बताएं कि आप यहा मेरे पास किस उद्देश्य से आए हैं ?' अत्यत नम्रता के साथ शुकदेव ने कहना प्रारंभ किया, 'गुरुदेव, कृपा करके यह बताए कि इस विश्व के प्रपच अर्थात् माया से युक्त सृष्टि का जन्म कैसे होता है तथा अत में इस सबका लय कैसे होता है ? इस विषय में जो भी सत्य बात है, उसे मुझे बताने की कृपा करो। यही मेरा यहा आने का कारण है। (21-30)

महात्मा जनक ने शुकदेव को विस्तार से इस विषय को समझाया, किंतु यह सब वर्णन, जो जनक ने बताया, शुकदेव पहले ही अपने पिता वेदव्यास से सुन चुके थे। अत. वह बोले, 'यह सब तो मै अच्छी तरह से पहले से ही जानता हू। मेरे द्वारा पूछे जाने पर मेरे पिताजी ने भी यही सब मुझे बताया था। अब हे विद्वानों में श्रेष्ठ महाराज जनक। आपने भी वही बात बताई है। सभी शास्त्रो में भी ऐसा ही वर्णन मिलता है कि मन के संकल्प से (इच्छा से) ही इस समस्त प्रपंच का जन्म होता है और उस विकल्प के नष्ट होने पर इस ससार के प्रपच का भी नाश हो जाता है; अर्थात् यह बिलकुल व्यर्थ की और सारहीन है, ऐसा निश्चय हो जाता है। क्या यह जगत सचमुच सारहीन है ? मैं इस विषय में कुछ निश्चित नही कर पा रहा हूं। कृपया वास्तविकता क्या है ? मैं भ्रम मे पड गया हू। आप ही मुझे ज्ञान दीजिए, तभी मुझे शांति मिलेगी।' शुकदेव के इस निवेदन पर महाराज जनक

उदरस्थ वायु को बाहर निकालता रहे। इस प्रकार वायु का त्याग करते हुए शक्ति का उदय होता है और इसके प्रभाव स्वरूप एक अपूर्व बोध का अनुभव होता है। (36-40)

इस अभ्यास को करने से स्वाभाविक है कि पसीना निकलेगा। योगी को चाहिए कि वह इस पसीने से अपने अंगों में मालिश कर ले। योगी के भोजन में कटु, अम्ल एव लवण का अश नही होना चाहिए अर्थात उसे कड़वे, खट्टे और लवणीय (नमकीन) भोजन का परित्याग कर देना चाहिए तथा दूध तथा दूध मे बने भोजन का ही प्रयोग करना चाहिए। योगी में इन विशेषताओ का होना नितांत आवश्यक है—उसे ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए, अल्प आहार करनेवाला होना चाहिए तथा योग का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए। इस प्रकार का योगी लगभग एक वर्ष से पूर्व ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है, इसमे कोई संदेह नही है। योगी का भोजन सुस्निग्ध एव मधुरता के गुणो से युक्त हो, उसे भर पेट भोजन नही करना चाहिए, केवल तीन चौथाई पेट को ही भोजन एवं जल से भरना चाहिए, शेष एक चौथाई को वायु के लिए रिक्त छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार कल्याणस्वरूप परमेश्वर का स्मरण करते हुए ही योगी भोजन करे। इस प्रकार भोजन करनेवाला योगी मिताहारी (कम भोजन करनेवाला) कहा जाता है। कद के ऊपर (पूर्व वर्णित) आठ प्रकार की कुडल की तरह आकृतिवाली कुंडली शक्ति है। यह मूर्खो के लिए बधन स्वरूप है, किंतु योगी इसे जान लेता है तथा योगाभ्यास से मुक्ति प्राप्त करता है। अत यह योगियो को मोक्ष देनेवाली होती है। जो महामुद्रा, नभोमुद्रा, उड्डयाण, जलंधर एवं मूलबंध, इन सबको सही रूप मे जानता है, वह योगी मुक्ति का पात्र होता है। (41-45)

'एड़ी से दृढ़ता के साथ योनिस्थान को दबा लें, फिर इसे दृढता के साथ ही सकुचित करे और अपान वायु को ऊपर की ओर आकर्षित करें। यही मूलबंध कहा जाता है। इस मूलबध की प्रक्रिया के सतत अभ्यास से प्राण एवं अपान मे एकता स्थापित होती है और मूत्र-पुरीष की मात्रा घट जाती है। इसके साथ ही यह अभ्यास बुढापे को भी दूर करता है। इस अभ्यास से वृद्ध व्यक्ति भी युवा हो जाता है। जैसे महाखग गरुड अपनी विश्राति (थकान) दूर करने के लिए उड्डियाण करता है, उसी प्रकार का उड्डियाण बध का अभ्यास भृत्य हाथी को भगाने के लिए सिह के समान है। उदर से नाभि के अधो भाग को तानना ही पश्चिमोत्तान कहलाता है। उड्डियाण भी उदर मे ही किया जाता है। इसके ज्ञाता इसे इसी स्थान मे करते हैं। जो योगी नीचे की ओर गमन की प्रवृत्तिवाले आकाश तत्त्व तथा जल तत्त्व को इनकी प्रवृत्ति के प्रतिकूल अपने सिर में इनको बाध देता है, तो उसकी इस प्रक्रिया को जालधर बंध के नाम से जाना जाता है। इसके अभ्यास से समस्त कष्टो-दु खो का नाश होता है। (46-50)

इस दु ख नाशक जालधर वध को करने में कंठ के सकुचित होने से अमृत अग्नि मे नही पडता तथा यह संकोच वायु को भी स्थिर करता है। जिह्वा को मोडकर कपाल कुहर मे प्रविष्ट करके दृष्टि को भौंहों के बीच में स्थिर करने से खेचरी मुद्रा बनता है। खेचरी मुद्रा की साधना से रोग, मृत्यु, भूख, प्यास तथा मूर्छा दूर हो जाती है। इस मुद्रा के ज्ञान से रोगों से मुक्ति के साथ ही व्यक्ति कर्मों मे लिप्त भी नही होता। इस मुद्रा के प्रभाव से चित्त तथा जिह्वा दोनों ही आकाश मे (खे) विचरण करने लगते हैं। इसलिए इस खेचरी, अर्थात् आकाश में चलनेवाली कहा जाता है। पावो से मस्तक तक

कहने लगे, 'मुनिवर शुकदेव । सुनिए। मैने इसी विषय मे आपको जो कुछ भी बताया है, अब मैं उसी को विस्तार से समझाता हूं। यह ज्ञान विश्व के सभी ज्ञानो का रहस्य है। सभी विद्याओं का सार है। इस ज्ञान को इसके सही रूप में जान जाने पर व्यक्ति को विश्व के प्रपच से मुक्ति मिल जाती है। वह जीवन्मुक्त हो जाता है। 'यह समस्त चराचर (चलनेवाले और स्थिर रहनेवालो से युक्त) जगत एक भ्रम है', इस ज्ञान के हो जाने पर इस सब दिखाई देनेवाले जगत से भ्रम का नाश होने पर मन शुद्ध हो जाता है। इस ज्ञान के पूर्ण होने पर निर्वाण के (मोक्ष के) समान शाति प्राप्त होती है। वही त्याग वास्तव मे सबसे बड़ा त्याग है, जिसमें सभी इच्छाए शात हो जाती है। इस सर्वोच्च अवस्था को ही ज्ञानियों द्वारा मोक्ष कहा जाता है। जो लोग केवल इच्छाओ के साथ अपना जीवन जीते है, अर्थात् शुद्ध ज्ञान से उसी के लिए जीते है, उन्ही का जीवन सच्चे अर्थो मे सार्थक है। जो जानने योग्य वस्तु है, वे उसे जान जाते है, वे ही जीवन्मुक्त कहे जाते है । (31-40)

पदार्थ भावना मे दृढ़ता (विश्व के समस्त पदार्थों को वास्तविक मानना) ही बधन का कारण है और इन सबके प्रति इच्छाओ का समाप्त हो जाना ही मोक्ष है। जो बिना तपस्या किए ही, वास्तविकता को जानकर स्वाभाविक रूप से ससार के समस्त भोगों से विरक्त हो जाता है, समय-समय पर मिलनेवाले सुखो से या दु खों से प्रभावहीन रहता है, जो सुखो से सुखी या दु खो से दु खी नही होता, वही जीवन्मुक्त है। ऐसा व्यक्ति काम, क्रोध, हर्ष, उद्वेग आदि विकारों से पूर्णतया शून्य होता है। अहंकार को तो वह जड़ से ही त्याग देता है। जिसके जीवन का लक्ष्य ही त्याग हो जाता है, जो सदा किसी भी पदार्थ की इच्छा ही नही करता, किसी की भी कामना या अपेक्षा नही करनेवाला अतर्मुखी, सुषुप्ति के समान शून्य अवस्था मे रहनेवाला, पूर्णतया शुद्ध, आत्मा मे ही लीन रहनेवाला, अत्यंत शांत, इच्छाओ से उदासीन, किसी भी कार्य के अच्छे या बुरे फल की परवाह न करनेवाला, राग-द्वेष तथा धर्म-अधर्म से दूर रहनेवाला, मान-अपमान से शून्य और उद्वेग से शून्य होकर कार्य करते रहनेवाला जीवन्मुक्त है। (41-50)

जो मोहरहित बनकर साक्षी के समान तटस्थ रहता है, फल की इच्छा नही करता, धर्म-अधर्म के साथ ही समस्त चितन का भी परित्याग कर देता है, दिखाई देने वाले विश्व-प्रपच से उदासीन होता है, जो कडवा, खट्टा, नमकीन इत्यादि सभी स्वादो को त्यागकर भोजन करता है, जो बुढापा, मृत्यु, विपत्ति, निर्धनता, ऐश्वर्य आदि मे समान है, जो आनंद, शोक, हर्ष, आदि में एक-सा अनुभव करता है, जो उत्पत्ति, स्थिति एव प्रलय को समान मानता है, जिसकी दृष्टि में उन्नति-अवनति समान है, जो केवल प्राप्त भोगो का उपभोग करता हुआ ईर्ष्या आदि से मुक्त रहता है, जो सकल होते भी कलारहित रहता है, जो चित्त के होने पर भी विश्व के किसी भी विषय का चितन नही करता, जो धनों की इच्छा नही करता तथा जो आत्मा में भी पूर्णता के दर्शन करता है, वही जीवन्मुक्त है। (51-62)

जीवन्मुक्त अवस्था को मनुष्य शरीर के नष्ट होने पर त्यागकर विदेहमुक्त हो जाता है। यह स्थिति निस्पद पवन (रुकी हुई हवा) के समान है। इसमें आत्मा उन्नति-अवनति से दूर रहता है, उसका लय भी नही होता, यह स्थिति 'सत' (है), 'असत' (नही है), 'मै' और 'वह' से भिन्न है। यह तेज एवं अधकार से रहित अत्यत गभीर स्थिति है। इसमें केवल एक अनिर्वचनीय एव अव्यक्त (जिसका वर्णन नही किया जा सकता) 'सत' शेष रहता है। यह आकाररहित, भूत आदि से रहित

सभी अगो मे बिदु स्थित रहता है। खेचरी मुद्रा से जो व्यक्ति जिह्वा के ऊपरी विवर को (कपाल कुहर को) बंद कर लेता है,उसका बिदु अर्थात् वीर्य कभी क्षय नही होता। यहां तक कि रमणी का आलिग्न भी उसे प्रभावित नही कर सकता। जब तक बिदु शरीर मे रहता है,तब तक मृत्यु भय भी नही रहता। बिदु तभी तक स्थिर रहता है,जब तक खेचरी मुद्रा रहती है। बिदु यदि शरीर के अग्नि तत्त्व मे भी चला जाए,तो योनि मुद्रा की शक्ति से उसकी गति ऊपर को की जा सकती है। बिदु सफेद तथा लाल,दो प्रकार का होता है। सफेद रंग के बिदु को शुक्ल तथा लाल रग वाले को महारज कहा जाता है। (51-60)

रज सिदूर के समान चमकीले सूर्य के स्थान में रहता है तथा शुक्ल चद्रमा के स्थान मे रहता है। इन दोनो का मिलन दुर्लभ होता है। बिंदु ब्रह्मा और रज शक्ति है,या बिदु चद्रमा और रज सूर्य है। इन दोनो के मिलन पर परम पद की प्राप्ति होती है। वायु की शक्ति के द्वारा जब रज बिदु से मिल जाता है और दोनों एक हो जाते है; तो शरीर दिव्य बन जाता है। शुक्ल चद्र से तथा तेज सूर्य से मिला हुआ है। जो व्यक्ति इस एकता को समझता है, वह योग का ज्ञाता होता है। जिससे नाडियों का शोधन होता है तथा सूर्य एव चंद्रमा को गति मिलती है और रस सूख जाते है, वह महामुद्रा कही जाती है। ठोडी को वक्षस्थल से लगाकर बाए पांव से योनि को देर तक दबाए। फैले हुए दाहिने पाव को दोनो हाथों से अच्छी तरह पकडें। फिर दोनो बगलों मे सास भरक धीरे से रेचक करे। इसे समस्त रोगों को नष्ट करनेवाली महामुद्रा कहते है। पहले चंद्र स्वर (बाए) से प्रारभ करें फिर दाहिने से। जब दोनों समान संख्या हो जाए,तो अभ्यास बद कर दे। इस मुद्रा के प्रभाव से पथ्य-अपथ्य सब पच जाते है और नीरस भोजन भी सरस लगता है। अधिक खाया हुआ या विष के समान प्रभावकारी चीजे भी अमृत समान बन जाती है। क्षय रोग,बवासीर,कुंठ,अजीर्ण आदि रोग सदा के लिए नष्ट हो जाते है। इस महामुद्रा के विषय मे कहा जाता है कि यह महान सिद्धियो को देनेवाली है,अत इसे गुप्त रखना चाहिए और जिस किसी को बताना नही चाहिए। (61-70)

पद्मासन लगाकर सिर सहित सारे शरीर को सीधा रखकर दृष्टि को नाक के आगे स्थिर रखें और फिर अव्यय 'ओम' का जप करे। वह नित्य,शुद्ध,बुद्ध,निर्विकल्पक,अकथनीय,नागरहित,अनादि (जिसके प्रारंभ होने के विषय में कुछ भी ज्ञात नही है),तुरीय,भूत-भविष्य,परिवर्तनमान,अविछिन्न तथा परम ब्रह्म है। उसी से स्वय प्रकाशित होनेवाली पराशक्ति उत्पन्न हुई है। उसी आत्मा में आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु,वायु से अग्नि,अग्नि से जल तथा जल से पृथ्वी पैदा हुई। फिर इन पाच भूतों से इनके देवता सदाशिव,ईश्वर,ब्रह्मा,विष्णु तथा रुद्र की उत्पत्ति हुई,इनमे ब्रह्मा, विष्णु तथा रुद्र क्रमश सृष्टि को बनानेवाले,पालनेवाले तथा नष्ट करने वाले है। ब्रह्मा रजोगुण वाले, विष्णु सत्त्वगुणी तथा रुद्र तमोगुणवाले है। देवताओ मे ब्रह्मा सबसे पहले पैदा हुए। ब्रह्मा सृष्टि बनाने के लिए,विष्णु उसे स्थित रखने के लिए रुद्र नाश के लिए तथा चद्रमा सबसे पहले भोग के लिए पैदा हुए। इनमे ब्रह्मा से लोक,देवता,पशु-पक्षी,मनुष्य तथा स्थावर (जो चल नही सकते) उत्पन्न हुए। इनमे मनुष्य आदि का शरीर पाच भूतो का समूह है। ज्ञानेंद्रिया,कर्मेंद्रिया,प्राण-अपान आदि पाच वायु,मन,बुद्धि,चित्त एव अहकार इन सबका स्थूल रूप है। अत शरीर को भी स्थूल कहा जाता है। पाच कर्म की एव पाच ज्ञान की इद्रिया,शब्द आदि विषय,पाच प्राण,मन,बुद्धि तथा

तथा अनत मे स्थिर रहता है, किंतु यह शून्य भी नही है। न दिखाई देने पर भी यह अदृश्य नही होता। यह 'सत' एव 'असत' से अलग भावना है, चिन्मात्र होते हुए भी चेतन्यरहित, आदि-मध्य-अंतहीन, अनामय (दु खरहित), कल्याणमय, जरा (बुढापा) रहित अवस्था है। इसमे द्रष्टा, दृश्य एव दर्शन कुछ भी शेष नही रहता। अत हे शुकदेव । तुम इस विषय के ज्ञय जाननेवाले हो और अपने पिता से भी इसे जान चुके हो कि इच्छा एवं त्याग ही क्रमश बधन एव मोक्ष के कारण है। तुम भोगों से विरक्त हो चुके हो, प्राप्त करने योग्य सब कुछ पा चुके हो, भ्रम को त्यागकर तुम अपने तपोमय स्वरूप में स्थित हो चुके हो तथा बाहरी, भीतरी तथा इसके भी भीतरी ज्ञान को प्राप्त करके तुम कैवल्य की स्थिति प्राप्त कर चुके हो।' यह सुनकर शुकदेव शोक, भय आदि से रहित होकर परम तत्त्व में स्थिर हो गए। तब उन्होंने मेरु पर्वत मे जाकर हजारों वर्षों तक निर्विकल्प समाधि ली और वह समुद्र में जल की बूदों के समान परमात्मा में लीन हो गए। (63-76)

तृतीय अध्याय

अध्ययन समाप्त करने के पश्चात निदाघ नाम के श्रेष्ठ मुनि अपने पिता से आज्ञा लेकर वचपन में ही तीर्थयात्रा के लिए निकल पडे। उन्होंने साढे तीन करोड तीर्थों में स्नान किया। तब वह घर पहुचे और अपने महान यशस्वी पिता ऋभु से बोले, 'साढे तीन करोड़ तीर्थों मे स्नान करने के बाद मेरे मन में यह विचार आया है कि यह लोक मृत्यु के लिए ही उत्पन्न होता है तथा उत्पन्न होने के लिए ही मरता है। अत यह सब चराचर अस्थिर है। ये सपूर्ण ऐश्वर्य दु खद है। सभी भाव लोहे की कील के समान पृथक् है, किंतु मनरूपी चुवक इन्हें खींचकर इकट्ठा करता है। मै रेगिस्तान में चलनेवाले यात्री के समान इस विश्व से विरक्त हो चुका हू। ये सब दु ख देनेवाले है। इनसे मैं कैसे मुक्त होऊ ? मुझे यही विचार बार-बार दु खी कर रहा है। जिन सपत्तियो के लिए लोग अनेको विचार करते है, ये सब मुझे कोई आनद नही देते। स्त्री, पुत्र आदि भयकर विपत्तियो के घर है। अत्यत उदार मानी जानेवाली लक्ष्मी जी केवल मोह उत्पन्न करनेवाली है। इससे व्यक्ति सुखी नही हो सकता। पत्ते के सिरे से टपकने वाली जल की बूदों के समान ही मनुष्य की आयु भी पल-भर मे नष्ट हो जानेवाली है। अत· मै उन्मत्त के समान ही इस शरीर का त्याग करूगा। जिसके मन को विषयों रूपी सर्प ने डस लिया हो तथा जिसे ज्ञान न हुआ हो, वह सदा दु.खी ही रहता है। (1-10)

'वायु को लपेटना, आकाश को टुकडे कर देना अथवा लहरो को गूथना भले ही सभव हो जाए, किंतु मुझे अब जीवन के प्रति कोई आस्था नही रह गई है। जो सब कुछ पा ले, फिर दु खी न होना पडे और जिसे परम शक्ति प्राप्त हो गई हो, उसी का जीवन सार्थक है। यो तो वृक्ष, पशु, पक्षी आदि सभी जीवित रहते है, किंतु उसी का जीवन धन्य है, जो आत्मा के विषय मे विचरते हुए लीन हो जाता है। जो इस पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त हो जाते है, उन्ही का जीवन धन्य है। अन्य व्यर्थ मे ही गधे के समान बुढापे का बोझ ढोते रहते है, जबकि ज्ञानी लोग राग-द्वेष से मुक्त होकर ज्ञान का बोझ ढोते है। जिन्हे परम शाति नही प्राप्त हुई है, उनके लिए मन भी बोझ है और जिन्हे आत्मज्ञान नही है, उनके लिए उनका शरीर भी बोझ ही होता है। अहकार सभी दु खो का कारण है। इसी के

चित्त लिग कहे जाते है। कारण तीन गुणोंवाला है। इनमें प्रत्येक के तीन शरीर होते है। जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एव तुरीय, तीन अवस्थाए होती है। विश्व, तेजस, प्राज्ञ एव तुरीय ये चार पुरुष इन अवस्थाओ के स्वामी होते है, जो क्रमश इन अवस्थाओं के भोग करने वाले होते है। 'पर' सबका साक्षी होता है। (71-72)

यह पर (प्रणव) सभी जीवो के भोग के समय अलग से रहता है। सभी अवस्थाओ मे यह नीचे की ओर मुख करके आनद के साथ रहता है। 'अ', 'उ', 'म' ये तीन वर्ण, तीन वेद, तीन लोक, तीन गुण तथा तीन अक्षर, इस सबको प्रणव प्रकाशमान करता है। सभी प्राणियो मे जागृत अवस्था मे अकार (अ) नेत्र मे रहता है। उकार (उ) स्वप्नावस्था में कठ मे रहता है तथा मकार (म) सुषुप्ति अवस्था में हृदय में रहता है। अकार विराट विश्व तथा स्थूल है। उकार हिरण्यगर्भ, तेजस तथा सूक्ष्म है। मकार कारण अव्यक्त तथा प्राज्ञ है। अकार राजस, लाल रग का ब्रह्मा और चेतन कहा जाता है। उकार को सात्त्विक, सफेद रग का तथा विष्णु कहा जाता है। मकार को तमोगुणवाला, काले रग का तथा रुद्र कहा जाता है। प्रणव से ही ब्रह्मा, प्रणव से ही विष्णु तथा प्रणव से ही रुद्र का जन्म होता है। ब्रह्मा, विष्णु एवं रुद्र का लय क्रमश अकार, उकार एव मकार मे होता है। प्रणव ही परम ब्रह्म है तथा प्रणव ही प्रकाशित होता है। ज्ञानियो मे प्रणव ऊर्ध्वमुख (ऊपर को मुखवाला) तथा अज्ञानियो मे अधोमुख (नीचे को मुखवाला) होता है। जो इस तथ्य को जान जाता है, वह वास्तव में वेदो को जान जाता है। प्रणव ज्ञानियों मे अनाहत रूप मे ऊपर को मुख करके रहता है। प्रणव की ध्वनि लगातार गिरती हुई तेल की धार तथा जोर से घंटा बजने की आवाज जैसी होती है। इसका आगेवाला भाग ब्रह्मा कहा जाता है। (73-80)

यह ब्रह्मा कहे जानेवाले का आगे का भाग ज्योतियुक्त होता है। बुद्धि इसके विषय में पूर्ण रूप से कुछ नही कह सकती। महात्मा लोग ही इसे अपनी बुद्धि से देखते है। इसको जाननेवाला वेदों का वेत्ता (जाननेवाला) हो जाता है। जागृत अवस्था मे दोनों नेत्रो के मध्य में 'हस' प्रकाशित होता है। इस हस का (ह + स में से) 'स' वस्तुत: खेचरी मुद्रा का स्वरूप है। साथ ही इसे 'त्वम' (तुम जीव) रूप भी समझना चाहिए। 'हस' का 'ह' परमेश्वर का रूप है, जो उसके सदा विद्यमान रहने को प्रकट करता है। 'स' का ध्यान करनेवाला जीव अपने आप 'ह' भी बन जाता है (जीव आत्मा को जान लेने पर परमात्मा से मिल जाता है)। जीव को सासारिकता में बधन इद्रियो के कारण ही होता है, किंतु आत्मा को कोई बंधन नही होता। ममता (अपनापन) से ही आत्मा जीव बना रहता है, किंतु इस ममता के समाप्त होने पर उसे मोक्ष मिल जाता है। 'ओम' की मात्राओं में 'भू', 'भुव' एव 'स्व' लोक तथा चद्रमा, सूर्य और अग्नि देवता रहते हैं। यह 'ओम' ही परम ज्योति (परमात्मा) है। इच्छा शक्ति, ज्ञान शक्ति, क्रिया शक्ति, ब्राह्मी, रौद्री तथा वैष्णवी मात्राए जहा रहती है, वही परम ज्योति 'ओम' है। अत मन एवं वाणी से सदा 'ओम' का जप करना चाहिए और शरीर मे सदा इसका अभ्यास करना चाहिए। जो पवित्र अवस्था में और अपवित्र अवस्था में सदा तत्प होकर इसका जप करता है, वह ससार के पापों में वैसे ही लिप्त नहीं होता जैसे कमल का पता पानी मे रहने पर भी उससे भीगता नही है। वायु के चलने पर विदु भी चलता है तथा वायु के स्थिर होने पर यह भी स्थिर हो जाता है, अत योगी को स्थाणु (खभ के) समान स्थिर होकर (समाधि लगाकर) वायु

विपत्तिया आती है, मन मे बुरे विकार आते है तथा अनेकों इच्छाए उत्पन्न होती है। यह मनुष्य का सबसे बडा शत्रु है। इसके वश मे होकर मैने जिन विषयों का उपभोग किया, वे सब मिथ्या थे। अहंकार का न होना ही जीवन को सार्थकता देता है। इसी के कारण हमारा यह मन एक आवारा कुत्ते के समान दूर-दूर तक घूमता है। मैं भी इच्छा रूपी इस कुतिया के पीछे कुत्ते के समान जड होकर घूम रहा था। अब मै उसके प्रभाव से छूट गया हू। चित्त को वश मे करना अत्यत महत्त्व का कार्य है। यह कार्य सुमेरु पर्वत को उसकी जड से हिलाने से या समुद्र को पी जाने अथवा अग्नि को खाने से भी कठिन है। इस चित्त के नष्ट होने पर समस्त जगत प्रपंच का भी अंत हो जाता है, अत हर संभव प्रयत्न से इसे वश में करना चाहिए, तभी वास्तविक ज्ञान प्राप्त होता है। (11-21)

'हे मुनियो मे श्रेष्ठ । मैने जो-जो भी श्रेष्ठ गुण प्राप्त किए हैं, उन्हे तृष्णा रूपी यह चुहिया तार के समान काट डालना चाहती है। यह तृष्णा चचल बंदरिया के समान है, जो अत्यत कठिन स्थानो पर भी पाव रखने को तैयार है, तृप्त हो जाने पर भी और अधिक-से-अधिक फलो को प्राप्त करना चाहती है तथा यह एक ही स्थान पर नही रह सकती। यह एक क्षण में आकाश मे घूमने लगती है, तो दूसरे ही क्षण पाताल पहुंच जाती है और उसी समय चारों दिशाओ में भी चक्कर लगा आती है। यह तृष्णा विश्व के सभी दु खो से बड़ी है। यह बडे-बडे भवनो मे रहनेवाले को भी सुख से नही रहने देती है। यह एक महामारी के समान है। चिताओं को छोड़ देने पर ही इससे मुक्त हुआ जा सकता है। यदि पल भर के लिए भी चिंता को त्याग दिया जाए, तो अत्यत सुख मिलता है और यदि थोड़ी-सी भी चिता हो, तो मन को दु खी कर देती है। शरीर के समान मामूली, गुणरहित अन्य कोई भी चीज नही है। यह शोक करने योग्य है। इसी में गृहस्थ के समान यह अहकार रहता है। यह शरीर चाहे सदा ही जीवित रहे या अभी समाप्त हो जाए, मुझे इसकी तनिक भी चिता नही है। यह शरीर एक घर के समान है, जिसमे सभी इंद्रिया पशु के समान पक्ति लगाकरर खडी रहती है, जिसके आगन में यह चित्त चचल बंदरिया के समान है। मैं इस घर से तग आ गया हू। जिह्वा भी बंदरिया के समान है, जिससे मुख इतना डरा हुआ है कि उसकी हड्डियां (दात) दिखाई देने लगी है। (22-30)

'यह शरीर रूपी घर बाहर एव भीतर से मास एवं रक्त से वना हुआ है। इसके लिए हमें शोक करना चाहिए। आखिर इसमे क्या सुंदरता है ? यदि कोई इस बात को मान ले कि बिजली मे या गधर्वों के नगरो मे चंचलता नही होती है, तो तब भले ही वह इस शरीर को स्थिर (नाश न होनेवाला) मान ले और इस पर विश्वास करे। इस शरीर को भय-ही-भय है। बचपन में गुरु, माता तथा पिता का भय होता है। युवावस्था मे अनेक विकार आते हैं, अत. उनका भय होता है तथा वृद्धावस्था मे तो भय-ही-भय है। मनुष्य का शरीर कांपने लगता है, वह ठीक से चल-फिर भी नही सकता, अत स्त्रियां, पुत्र, वधु, सेवक आदि सभी उन पर हंसते है। शरीर की सामर्थ्य कम हो जाने के कारण इस अवस्था मे इच्छाए और भी अधिक वढ जाती हैं। यह अवस्था विपत्तियों की मित्र है। सासारिक प्राणी जिस सुख को चाहता है, वह सुख वस्तुत है ही कहा । समय तो हर पल कटता जाता है। यह समय छोटे से छोट तिनकों, धूल के कणों आदि से लेकर इंद्र या सुमेरु पर्वत तक को सरसों के दानों के समान कर देता है। यह सभी को समाप्त कर देता है, सभी को निगल जाता है, अत तीनों लोक

(सास) को रोकना चाहिए। वायु के शरीर में रहते हुए जीव इसे छोड नही सकता, क्योकि शरीर से इसके निकल जाने पर मृत्यु हो जाती है, अत. वायु को रोक देना चाहिए। (81-90)

वायु के शरीर मे स्थित रहने तक जीव छूट नही सकता। यदि दृष्टि को दोनों भौंहों के बीच में स्थिर कर दिया जाए, तो मृत्यु का भय भी नही रहता। अकाल मृत्यु से बचने के लिए ब्रह्मा भी प्राणायाम की साधना करते है। अत· योगी और मुनि भी इस क्रिया से प्राणों को रोक ले। प्राणायाम करते समय हस छब्बीस अगुल बाहर आ जाता है। अत· बाए और दाहिने दोनो ही स्वरो से प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। जब दूषित नाडियों का समूह प्राणायाम से शुद्ध हो जाता है, तो योगी अपने प्राणो की रक्षा करने मे समर्थ हो जाता है। योगी पद्मासन लगाकर बैठ जाए और चद्र स्वर (बाए) से पूरक करे। तब जितनी देरी तक सभव हो, कुंभक करे। बाद मे सूर्य स्वर से (दाहिने छिद्र से) रेचक करे। प्राणायाम करते समय अमृत के सागर के समान तथा गाय के दूध के समान सफेद चद्रमा के बिब की कल्पना करने से योगी को सुख मिलता है। इसी प्रकार प्राणायाम के समय लपलपाती ज्वालाओ वाले सूर्य मडल का हदय में ध्यान करने से भी योगी सुखी होती है। पहले इडा से (चद्र या बाए स्वर से) पूरक और पिंगला से (सूर्य या दाहिने स्वर से) रेचक करे। इसके बाद पिगला से पूरक तथा इडा से रेचक करे। इस प्रकार सूर्य एवं चद्र दोनों विदुओं के अभ्यास से दो मास के अंदर नाडिया शुद्ध हो जाती है। अधिक-से-अधिक समय तक कुभक करने से जठराग्नि (भूख) तेज होती है। साथ ही नाडियो के शुद्ध होने पर नाद भी सुनाई देने लगता है और रोगों का नाश हो जाता है। प्राण वायु जब तक शरीर में स्थित रहती है, तब तक अपान वायु को भी रोक दे तब एक श्वासवाली मात्रा हृदय के आकाश मे ऊपर और नीचे जाने लगती है। (91-100)

पूरक, कुभक और रेचक, ये तीनों प्रणव के ही रूप हैं। इस प्रकार प्रणव बारह मात्राओं के समय में ही करना चाहिए। यह बारह मात्राओवाला प्राणायाम सूर्य और चद्रमा है, योगी इन दोनो को समस्त दोषों को नष्ट करनेवाला समझे। फिर पूरक को बारह मात्राओ के समय, कुंभक को सोलह मात्राओ तक और रेचक को दस मात्राओं में करने से जो प्राणायाम होता है उसे ओकार प्राणायाम कहते है। बारह मात्राओवाला प्राणायाम प्रथम प्राणायाम है, चौबीस मात्राओवाला मध्यम प्राणायाम कहलाता है और छत्तीस मात्राओं के समय तक किया जानेवाला प्राणायाम उत्तम प्राणायाम कहा गया है। अधम (निम्न स्तरीय) प्राणायाम में पसीना आता है, मध्यम प्राणायाम मे शरीर कापने लगता है तथा उत्तम प्राणायाम मे आसन उठने लगता है। इस प्रकार वायु को रोकना चाहिए। योगी को पद्मासन पर बैठ जाना चाहिए। इसके बाद गुरु भगवान शिव को प्रणाम करना चाहिए। तब दृष्टि को नाक के अगले भाग में टिकाकर एकांत में प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। दृढ़ता के साथ शरीर के सभी नौ द्वारो (नाक, कान आदि छिद्रों) को रोककर वायु को बाधना चाहिए। फिर शक्ति के साथ अपान, अग्नि एवं कुडलिनी को ऊपर ले जाना चाहिए। आत्मा का ध्यान करते हुए इसे मस्तक मे रोकना चाहिए। इसे जितनी देरी तक रोका जाए, उतना ही अच्छा है। इस प्रकार का प्राणायाम पाप कर्मो को जलानेवाले ईंधन के समान कहा जाता है। साथ ही योगी लोग इसे ससार सागर से पार करनेवाले सेतु (पुल) के समान मानते हैं। आसन से रोग नष्ट होते है, प्राणायाम से पापो

इससे आतकित रहते है। यत्र के समान चचल स्नायु, अस्थि आदि से बनी पुतली जैसे स्त्री को इस देह में कौन-सी चीज सुदर है ? इस शरीर के त्वचा, रक्त, माम आदि अगो को पृथक्-पृथक् करके देखो तब क्या ये सुदर लगते हैं ? यदि नही, तो फिर इनसे यह लगाव क्यो। (31-40)

'जो नारी सुमेरु पर्वत से गिरनेवाली गगा के समान कही जाती है; और जिसके स्तनो के ऊपर सुदर मोतियों के हार सुशोभित रहते हैं, काल उसे भी कवलित कर जाता है। फिर कभी उसके उन श्मशान में गिरे हुए स्तन के छोट से मास पिउ को कुत्ते खाते है। सुदर कमरवाली, आखो को सुदर लगनेवाली ये नारिया छूने पर भी दु ख ही देनेवाली हैं। ये साक्षात भयकर अग्नि की ज्वाला के समान हैं, जो पुरुष को तिनके के समान जला डालती है। ये नरक की आग की लकडियों के समान सुदर दिखाई देती है, जो दूर से सुदर दिखाई देने पर भी वस्तुत. नीरस होती है। कामदेव शिकारी के समान है, जो मूर्ख पुरुषों रूपी पक्षियों को फसाने के लिए स्त्रियों को जाल बनाता है। स्त्री वासना की डोर में बधी हुई चोर के समान है, जो चित्त रूपी कीचड़ के भ्रम में फसे हुए पुरुष रूपी मछलियों को मार डालती है। इस दोषमय सागर मे स्त्री रूपी रत्नों की शृखला है, जो पुरुषों को नष्ट करने पर तुली है। स्त्री का होना भोगों का होना है। अत. स्त्री के न होने पर मनुष्य इन बुराई से मुक्त हो जाता है। स्त्री को त्याग देना वस्तुत. सारे जगत के प्रपच को त्याग देने के समान है। अत. इसका त्याग ही सुखों को प्राप्त करना है। (41-48)

'समय आने पर दिशाए भी समाप्त हो जाती हैं, देश, तारे, पर्वत आदि नष्ट हो जाते है। समुद्र सूख जाते है, ध्रुव, सिद्ध, दानव, ब्रह्मा, विष्णु आदि कोई नही रहते। ये सब नाश की ओर वैसे ही दौडते हैं, जैसे बड़वानल जल की ओर दौड़ता है। क्षण में सपत्ति आती है और क्षण में विपत्ति भी। इसी प्रकार जन्म-मृत्यु होते है। सभी नश्वर हैं। कभी कायर भी वीरों को मार डालता है, कभी एक ही अनेकों को समाप्त कर देता है। विषय विष से भी भयंकर हैं। विष तो एक ही जन्म को समाप्त करता है, किंतु विषय अनेकों जन्मों को नष्ट कर देते है। मेरे चित्त के दोष समाप्त हो गए है। अब मै इस मरीचिका में रहता हुआ भी भोगों से दूर हूं। हे पिता ! मुझे ज्ञान दो, अन्यथा मै मान, मत्सर आदि से दूर होकर मौन लेकर भगवान का स्मरण करूगा। (49-57)

चतुर्थ अध्याय

'हे निदाघ ! अब तुम्हारे लिए कुछ भी अज्ञात नही है। भगवान की कृपा से तुम स्वय सब कुछ जान गए हो फिर भी बची हुई तुम्हारे चित्त की मलिनता को मै दूर कर दूगा। मोक्ष के शम, विचार, सतोष तथा सत्सग, ये चार द्वार है। इनमें एक को भी वश में कर लेने पर शेष स्वय ही अधीन हो जाते हैं। पहले शास्त्र, सत्सग आदि से अपनी प्रज्ञा (बुद्धि) को बढाना चाहिए तभी मुक्ति होती है। फिर इन सबसे आत्मचितन का अभ्यास करना चाहिए—यदि तुमने इच्छाओं एव आशाओ को त्याग दिया है, तुमने स्वत ही इसे प्राप्त कर लिया है। चित्त के प्रति तटस्थता ही कैवल्य तथा परम शाति की अवस्था है, जो सभी पदार्थों के प्रति आत्मभाव (मेरा-परायापन) को त्यागकर गूगे-बहरे के समान रहने पर ही प्राप्त होती है। शब्द-स्पर्श आदि से युक्त दृष्टि बिलकुल व्यर्थ है। यह समस्त दिखाई देनेवाला प्रपंच वास्तव में प्रणव का ही रूप है। यह दिखाई देनेवाला विश्व उसी 'चित्त' (चैतन्य) का अश ही है। अत इसे उससे भिन्न न समझो। (1-10)

का विनाश होता है तथा योगी को मन की बुराइयो से मुक्ति केवल प्रत्याहार से मिलती हैं। धारणा से योगी का मन विचलित नही होता, वह धैर्यवान बनता है और समाधि से अदभुत चैतन्य ब्रह्म को प्राप्त करता है फिर इससे योगी के शुभ-अशुभ कर्म नष्ट हो जाते है और वह मोक्ष को प्राप्त करता हैं। (101-110)

बारह प्राणायामो को प्रत्याहार कहा जाता है और बारह प्रत्याहारो से एक शुभ धारणा होती है। योग के ज्ञाता बारह धारणाओ को ध्यान तथा बारह ध्यानो को समाधि कहते है। समाधि मे परमात्मा से साक्षात्कार हो जाता है और इससे क्रिया-कर्म तथा पुनर्जन्म छूट जाता है। आसन मे बैठकर दोनो पावो को पायु, मे से लगाए कान, आख और नाक अगुलियो से बद कर ले। मुह से वायु को खीचकर पेट मे भरे। इसके साथ अपान को भी पहले पेट मे, फिर मस्तष्क मे रोक दे, मन को उससे जोडे। इससे योगी सबको समान समझने लगता है तथा उसे विशेष तत्त्व की प्राप्ति होती है। वायु के आकाश मे पहुचने पर घंटे आदि वाद्यो की ध्वनि सुनाई देती है। इसे नाद का सिद्ध होना कहा जाता है। प्राणायाम से सभी रोग नष्ट हो जाते है। हिचकी, खासी, दमा, आख, कान का दर्द आदि रोग शरीर मे वायु के असतुलन से ही होते है। सिह, व्याघ्र, हाथी आदि पशुओ के समान ही वायु भी धीरे-धीरे वश में होता है। उल्टे-सीधे प्रकार से प्राणायाम साधक को नष्ट कर देता है। पूरक, कुभक एव रेचक सही ढग से होने चाहिए तभी सिद्धि मिलती है। नेत्रो आदि इद्रियो को उनके विषयो से लौटाना प्रत्याहार कहा जाता है। जैसे तीसरे प्रहर मे सूर्य का तेज कम हो जाता है, उसी प्रकार योगी को भी तीसरे अग मे स्थित होकर मन के विकारो को (बुराइयो को) दूर करना चाहिए। यही ज्ञान का सार है। (111-120)

□

'ससार के समस्त कार्यों को करते हुए भी सदा चित्त को प्रबुद्ध रखते हुए आत्मा को एक ही मानो। इस ज्ञान को पाकर समुद्र के समान रहो। यह ज्ञान अज्ञान को तिनको के समान जला डालता है। इसी को समाधि कहा गया है। केवल मौन रहना ही समाधि नही है। यो ही पडा रहना भी, जैसे रत्न प्रत्येक देखनेवाले को आकर्षित करता है, वैसे ही वह परम सत्ता भी समस्त विश्व को आकर्षित करती है। इसी आत्मा मे कर्तव्य (कार्य करने का स्वभाव) एव अकर्तृत्व दोनों है। कामनाओं से हीन होने के कारण यह अकर्ता है, किंतु एकमात्र कारण होने से यह कर्ता कहलाता है। अत जिसमे यह कर्तृत्व एव अकर्तृत्व दोनो है, उसी ब्रह्म को ग्रहण करो। मै सदा अकर्ता हू। ऐसी भावना हो जाने पर समता दृष्टि ही शेष रहती है, जो परम अमृत कही जाती है। इस सत्त्व मे विद्यमान रहनेवाले ही सच्चे गुणवान व्यक्ति है। वे सदा चद्रमा के समान बढ़ते जाते है। वे सुनहरे कमल के समान विपत्ति रूपी रात्रि मे भी धैर्य नही खोते, जो उन्हे सहजता से प्राप्त हो जाता है, उसके अतिरिक्त वे अन्य वस्तु की इच्छा नही करते तथा सदा शास्त्रो के अनुकूल आचरण करते है। उनमे मैत्री आदि गुण स्वाभाविक रूप मे रहते है। वे हर स्थिति मे समान रहनेवाले साधु स्वभाव के व्यक्ति होते हैं। ऐसे महान आशयवाले समुद्र के समान मर्यादावाले तथा सूर्य के समान एक निश्चित मार्ग पर चलनेवाले होते है। (11-20)

'मै कौन हू ?' 'विश्व कैसे उत्पन्न हुआ ?' इस पर विचार करते हुए साधना करे। कोई भी व्यर्थ कार्य न करे। अस्थि, मास आदि से बने इस शरीर की उपेक्षा करे। मोती की माला मे पिरोए गए तागे के समान सभी जीवो मे व्याप्त परमात्मा को देखे। अनुपयोगी वस्तु को त्याग दे, उपयोगी को ग्रहण करे। गुरु, शास्त्र आदि के ज्ञान तथा अपने अनुभवो मे ब्रह्म हू, इसे जानकर शोक को त्याग दे। तब साधक कठोर तलवारो के समान वारो को भी सह लेता है। अग्नि का प्रभाव भी उसके लिए शीतल जल मे स्नान के समान हो जाता है। अगारो पर लेटना ही उसे चदन के लेप जैसा लगता है। शरीर मे घातक बाणो की वर्षा भी शीतल जल की वर्षा जैसी लगती है। सिर का कटना भी आरामदायक नीद जैसा लगता है। गूंगा हो जाना मौन के समान तथा बहरापन उन्नति के समान सुखद प्रतीत होता है। यह अवस्था आसानी से नही प्राप्त होती, यह केवल वैराग्य तथा आत्मज्ञान से ही प्राप्त होती है। गुरु आदि के उपदेशो तथा स्वय के अनुभव से प्राप्त मानसिक पवित्रता से हुए आत्म साक्षात्कार का निरतर अभ्यास करते रहे। तब दिशा भ्रम के अज्ञान का नाश होने पर समस्त विश्व प्रपच समाप्त हो जाता है। धन, मित्र, पिता, पुत्र आदि व्यक्ति का उपकार नही कर सकते। देह के क्लेशो का नाश या तीर्थो मे जाने से भी कोई लाभ नही होता, केवल चिन्मात्र मे लय से ही परमपद की प्राप्ति होती है। संसार के सभी दु ख, तृष्णा आदि शात मनवाले मनुष्य मे सूर्य के समाने अधकार के समान नष्ट हो जाती है। शमवाले व्यक्ति का सभी मधुर या कठोर स्वभाववाले प्राणी विश्वास करते है। (21-30)

रसायनों के पीने से या अपार लक्ष्मी से वह सुख प्राप्त नही होता, जो शम (शाति) से प्राप्त होता है। जो सुनकर या भोगकर भी शुभ या अशुभ से हर्षित या दु खी नही होता वही शात कहा जाता है। जिसका मन चद्र के समान निर्मल होता है, जो उत्सव, युद्ध, मृत्यु आदि मे किसी प्रकार प्रसन्न या अधीर नही होता, वही व्यक्ति शात कहा जाता है। उसी व्यक्ति का यज्ञ करनेवालो, तपस्वियो,

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायतु ममागानि वाक्प्राण चक्षुप. श्रोत्रमथो वलमिंद्रियाणि च सर्वाणि गर्व ब्रह्मोपनिषद माह ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोद् निराकरणमस्त्वनिराकरण मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सुधर्मास्ते मयि सतु ।

ॐ शाति शाति शाति ।

मेरे समस्त अंग, वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इद्रिया तथा वल पुष्ट हो । यह उपनिषद ब्रह्म-स्वरूप जानने योग्य हैं । मैं ब्रह्म का निराकरण न करू, ब्रह्म मेरा निराकरण न करे, हमारा परस्पर अनिराकरण हो । उपनिषदों का धर्म आत्मज्ञान में निरत मुझमें व्याप्त हो । दैहिक (शारीरिक), दैवीय और भौतिक (प्राणियो द्वारा होनेवाला) तीनों प्रकार के ताप-कष्ट शात हों ।

प्रथम अध्याय

अब ब्रह्म-उपनिषद की व्याख्या की जा रही है । सृष्टि से पहले केवल नारायण ही थे । न ब्रह्म थे, न ईशान, न अग्नि, न जल, न सोम, न आकाश, न पृथ्वी, न नक्षत्र, न सूर्य और न चंद्रमा ही । उस नारायण को अकेलापन अच्छा नही लगा । तव उन्होंने मन-ही-मन में ध्यान किया । यह ध्यान यज्ञस्तोम कहा गया । इस ध्यान से चौदह पुरुप एव एक कन्या की उत्पत्ति हुई । ये चोदह पुरुष वस्तुत दस इंद्रिया, मन, तेज, अहकार एव प्राण थे और कन्या बुद्धि थी । फिर पाच तन्मात्राए और पाच महाभूत उत्पन्न हुए । फिर एक पुरुप वना, जो पच्चीसवां था । इस पुरुप में विराट नारायण ने प्रवेश किया । सवत्सरो की उत्पत्ति कालरूपी सवत्सर से हुई, वे इस पुरुप से उत्पन्न नहीं हुए । (1-6)

उस नारायण ने फिर मन से ध्यान किया और उसके ललाट से एक तीन आखोंवाला व्यक्ति उत्पन्न हुआ, जो अपने हाथ मे शूल लिया हुआ था । साथ ही उस व्यक्ति मे श्री, यश, सत्य, ब्रह्मचर्य, तप, वैराग्य, मन, ऐश्वर्य, प्रणव सहित व्याहतिया, ऋक्, यजुप, साम एव अथर्ववेद तथा सभी छद भी थे । इसलिए उस पुरुष को महादेव और ईशान नाम दिए गए । नारायण ने पुन· मन से ध्यान किया । उनके ललाट से पसीने की बूदें गिर पडी । यह पसीना जल के रूप मे फैल पडा । इससे सुनहरे तेजवाला एक अडा पैदा हुआ । इससे चार मुखोंवाले ब्रह्मा उत्पन्न हुए । ब्रह्मा ने पूर्व दिशा को मुख करके 'भू' व्याहतिया, गायत्री, छंद, ऋग्वेद तथा अग्नि देवता का ध्यान किया । पश्चिम को मुख करके 'भुव' व्याहति, त्रिष्टुप छद, यजुर्वेद तथा वायु देवता का ध्यान किया । उत्तर को मुख करके 'स्व' व्याहति, जगतीछंद, सामवेद और सूर्य देवता का तथा दक्षिण को मुह करके 'मह' व्याहति, अनुष्टुप छद, अथर्ववेद तथा सोम देवता का ध्यान किया । (7-9)

फिर उन्होने हजारो सिरो और आखोंवाले समस्त विश्व के ईश्वर भगवान नारायण हरि

राजाओ, विद्वानो आदि मे भी सम्मान होता है। सतोष के अमृत को पीकर शात और तृप्त बने महात्मा आत्मा मे रमण करते है। उन्हें ही परमपद मिलता है। जो प्राप्त वस्तु के प्रति भी सतुष्ट रहे तथा मिली वस्तु की चिता न करे, सदा समान रहे, वही व्यक्ति सतुष्ट कहा जाता है। जैसे पतिव्रता स्त्री अपने आगन में ही संतुष्ट रहती है, जो मिल जाए उसी मे सतुष्ट रहती है, इसी प्रकार की अनत आनददायक अवस्था जीवन्मुक्त अवस्था कही जाती है। जब तक आत्मविश्राति प्राप्त न हो जाए तब तक समय, देश एव शास्त्र के अनुसार कार्य करते हुए तथा सत्सग करते हुए मोक्ष के मार्ग पर विचार करते रहना चाहिए। तुरीयावस्था में गृहस्थ हो या सन्यासी हो, वह ससार चक्र से छूट जाता है, उसे इस भ्रमजाल मे पडने की आवश्यकता ही नही रहती तथा उसके लिए वेदो, स्मृतियो आदि का पालन भी व्यर्थ हो जाता है। वह आत्मा मे स्थित होकर समुद्र के समान स्वय ही सब कुछ प्राप्त कर लेता है। (31-41)

सर्वात्ममय वेदन (ज्ञान) के प्राप्त होने पर समय एव दूरी से बधा समस्त विश्व केवल 'चित्त' रूप ही लगता है। तब आत्मा जहा और जिस रूप में भी हो, वहा वैसे ही अत्यत उल्लास के साथ स्थित हो जाता है। सुषुप्ति मे लीन होने पर स्वप्न की तरह यह समस्त चराचर जगत-प्रलय मे नष्ट हो जाता है। ज्ञानी लोगो ने इस आत्मा को परमब्रह्म, सत्य तथा यज्ञ का स्वरूप कहा है। जैसे ककण केवल सोना ही होता है, उससे भिन्न नही, उसी प्रकार ब्रह्म ने इस जगत को भी बनाया है, यह उससे भिन्न नही है। इस दृश्य जगत मे डूब जाने से द्रष्टा को बधन हो जाता है। दृश्य के समाप्त हो जाने पर ही मोक्ष होता है। यह 'तेरा' और 'मेरापन'वाली सृष्टि ही दृश्य जगत है। इस समस्त माया का प्रपच मन के कारण ही होता है। अत मुक्ति के लिए मन की इच्छा का समाप्त होना आवश्यक है। स्वय उत्पन्न हुए ब्रह्मा ने भी इस विश्व को मन से ही उत्पन्न किया है। (42-50)

वास्तव मे मन का 'सत' रूप मे बाहर या भीतर, कही भी अस्तित्व नही है। विषयों का बोध होना ही मन कहलाता है। इच्छाए करना ही इसका रूप है। अत. मन सकल्प (इच्छा) के अतिरिक्त कोई और वस्तु नही है। आज तक कोई भी मन एव सकल्प को एक-दूसरे से अलग नही कर पाया है। सकल्पों के नष्ट हो जाने पर केवल आत्मा ही शेष रहता है। 'मै' और 'तुम' इस भाव के समाप्त होने पर ही कैवल्य (मोक्ष) प्राप्त होता है। प्रलय के समय समस्त दिखाई देनेवाले प्रपच का नाश हो जाने पर केवल शात आत्मा ही रह जाता है। जो आत्मा सूर्य के समान कभी अस्त नही होता, वह निरामय देव ही परमब्रह्म है। वाणी आदि उसे बिना प्राप्त किए ही लौट आती है। उसी की आत्मा तथा रूपों की कल्पना की जाती है। वही रूप आदि से रहित परमात्मा है। चित्त आकाश, चिद आकाश तथा यह दिखाई देनेवाला आकाश, ये तीन आकाश हैं। चिदाकाश अत्यंत सूक्ष्म है। एक देश से दूसरे देश में जाने के बीच चित्त की सूक्ष्म उपस्थिति ही चिदाकाश है। इसमे समस्त सकल्पो के अस्तित्व को नष्ट कर देने पर उस सभी के आत्मा स्वरूप पद की प्राप्ति हो जाती है। (51-60)

इस चिदाकाश मे स्थित होने पर उदार और वैराग्यमय आनद देनेवाली अवस्था ही समाधि है। उस समय—समस्त दृश्य जगत एक शून्य प्रतीत होता है और राग, द्वेष आदि समाप्त हो जाते हैं। इसके अभ्यास से चित्त को एकाग्र करके प्रसन्न रहने की शक्ति पैदा हो जाती है। दृश्य की सत्ता की सारहीनता ज्ञात होना ही ज्ञान है। यही आत्म कैवल्य है। उसके अलावा

(विष्णु) को देखा, जो समस्त विश्व के जीवन के आधार है, विश्व रूप है तथा सबके स्वामी हैं। पद्मकोश (बंद कमल) के समान लबे और नीचे को मुखवाले हृदय मे सीत्कार होता है, इसी हृदय के बीच मे चारो ओर मुखोवाली अग्नि है। इसी अग्नि की एक लौ कुछ ऊपर उठी हुई है, जो अत्यधिक पतली है। इसी के बीच मे वह परमात्मा रहता है। वह ब्रह्मा है, वही ईशान है, वही इद्र है, वही अक्षर (अविनाशी) परम विराट। (90-94)

द्वितीय अध्याय

स्वरूप के आनद मे लगे रहनेवाले मुनियो मे श्रेष्ठ शुक अत्यत तेजवाले थे। उन्हे सत्य-ज्ञान की प्राप्ति जन्म लेते समय ही हो गई थी। इसलिए इस महामुनि ने स्वय ही लबे समय तक विचार करने के बाद आत्मा के स्वरूप को जान लिया। वे इस विषय मे एक निश्चय पर पहुच गए कि आत्मा के विषय मे कोई भी व्यक्ति अपनी वाणी से वर्णन नही कर सकता; आखे उसे देख नही सकती, यह छठी इंद्रिय में बसा हुआ है। यह चिन्मात्र, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, यहा तक कि शून्य से भी छोटा है। इस प्रकार के इस सूक्ष्म अणु मे करोडो ब्रह्मांड धूल के कणो की तरह उत्पन्न होते हैं, स्थित रहते है तथा लय हो जाते है। आत्मा चैतन्य है, अत यह आकाश से भिन्न है, किंतु बाहरी रूप मे इसे भी कह दिया जाता है। यह कैसा है ? इस विषय मे कोई भी वर्णन नही कर सकता, अत इस दृष्टि से इसे कोई वस्तु भी नही कहा जा सकता। 'जो वस्तु' नही है उसका अस्तित्व भी नही होता, किंतु आत्मा का अस्तित्व है, अत इसे वस्तु भी कहा जा सकता है। प्रकाशमय होने से यह चेतन (जिसमे चेतना हो) है, किंतु इसके विषय में कुछ भी मालूम न होने के कारण यह पत्थर की शिला के समान है। अपनी आत्मा के आकाश मे यह अनेक प्रकार के दृश्य दिखाता है। यह सब कुछ उसी का अंश होने के कारण वह इससे अलग नही है। उसमे दिखाई देनेवाली भिन्नता भी उससे अलग नही है। उसमे दिखाई देनेवाली भिन्नता भी इससे अलग नही है। सभी कुछ मे चलने-फिरने के कारण उसका सभी से संबंध है, किंतु गतिहीन होने के कारण वह चलता भी नही, वह किसी पर आश्रित नही है, अत वह 'नास्ति' (नही है) कहा जाता है, किंतु उसी के समान होने के कारण उसका अस्तित्व है। उस ब्रह्म का रूप विशुद्ध ज्ञान एवं आनद है। मन की सभी इच्छाओ (सकल्पो) को त्यागने से ही वह मिल सकता है, जागृत अवस्था में उसकी प्रतीति (अनुभव) नही होती। उसके सिकुड़ने तथा खिलने पर ही प्रलय एव सृष्टि होती है। (1-10)

'जो वेदात के शब्दों की निष्ठा है और वाणी आदि इद्रिया जिस तक पहुच ही नही सकती, मै वह सत्त (जिसका अस्तित्व है), चित्त (जो चेतन है अचेतन-निर्जीव नही है) और आनद स्वरूप ब्रह्म ही हूं, कोई अन्य नही, अपनी अत्यत पैनी बुद्धि से शुकदेव ने इस प्रकार के ब्रह्म को जान लिया। वे स्वय प्राप्त की हुई इस परम वस्तु में ही अपने मन को लगाकर रहने लगे। उन्हें विश्वास हो गया कि इस वस्तु के अतिरिक्त और कुछ है ही नही। जैसे मूसलाधार वर्षा से सतुष्ट चातक की चचलता दूर हो जाती है, उसी प्रकार उनका चित्त भी संसार के भोगो को देखकरर चचलता रहित होकर केवल मोक्ष में ही लग गया। एक बार उस शुद्ध बुद्धि वाले शुकदेव ने मेरु पर्वत के एकात में अपने पिता कृष्ण द्वैपायन (व्यास) से निवेदन किया कि इस ससार के प्रपच की उत्पत्ति कैसे हुई ? किससे और

'ससार के समस्त कार्यो को करते हुए भी सदा चित्त को प्रबुद्ध रखते हुए आत्मा को एक ही मानो। इस ज्ञान को पाकर समुद्र के समान रहो। यह ज्ञान अज्ञान को तिनको के समान जला डालता है। इसी को समाधि कहा गया है। केवल मौन रहना ही समाधि नही है। यो ही पडा रहना भी, जैसे रत्न प्रत्येक देखनेवाले को आकर्षित करता है, वैसे ही वह परम सत्ता भी समस्त विश्व को आकर्षित करती है। इसी आत्मा मे कर्तव्य (कार्य करने का स्वभाव) एव अकर्तृत्व दोनो है। कामनाओ से हीन होने के कारण यह अकर्ता है, किंतु एकमात्र कारण होने से यह कर्ता कहलाता है। अत जिसमे यह कर्तृत्व एव अकर्तृत्व दोनो हैं, उसी ब्रह्म को ग्रहण करो। मै सदा अकर्ता हूं। ऐसी भावना हो जाने पर समता दृष्टि ही शेष रहती है, जो परम अमृत कही जाती है। इस सत्त्व मे विद्यमान रहनेवाले ही सच्चे गुणवान व्यक्ति है। वे सदा चंद्रमा के समान बढ़ते जाते है। वे सुनहरे कमल के समान विपत्ति रूपी रात्रि मे भी धैर्य नही खोते, जो उन्हे सहजता से प्राप्त हो जाता है, उसके अतिरिक्त वे अन्य वस्तु की इच्छा नही करते तथा सदा शास्त्रो के अनुकूल आचरण करते है। उनमे मैत्री आदि गुण स्वाभाविक रूप मे रहते है। वे हर स्थिति में समान रहनेवाले साधु स्वभाव के व्यक्ति होते है। ऐसे महान आशयवाले समुद्र के समान मर्यादावाले तथा सूर्य के समान एक निश्चित मार्ग पर चलनेवाले होते है। (11-20)

'मै कौन हू ?' 'विश्व कैसे उत्पन्न हुआ ?' इस पर विचार करते हुए साधना करे। कोई भी व्यर्थ कार्य न करे। अस्थि, मास आदि से बने इस शरीर की उपेक्षा करे। मोती की माला मे पिरोए गए तागे के समान सभी जीवो मे व्याप्त परमात्मा को देखें। अनुपयोगी वस्तु को त्याग दे, उपयोगी को ग्रहण करे। गुरु, शास्त्र आदि के ज्ञान तथा अपने अनुभवो मे ब्रह्म हू, इसे जानकर शोक को त्याग दे। तब साधक कठोर तलवारो के समान वारो को भी सह लेता है। अग्नि का प्रभाव भी उसके लिए शीतल जल मे स्नान के समान हो जाता है। अंगारो पर लेटना ही उसे चदन के लेप जैसा लगता है। शरीर मे घातक बाणो की वर्षा भी शीतल जल की वर्षा जैसी लगती है। सिर का कटना भी आरामदायक नीद जैसा लगता है। गूंगा हो जाना मौन के समान तथा बहरापन उन्नति के समान सुखद प्रतीत होता है। यह अवस्था आसानी से नही प्राप्त होती, यह केवल वैराग्य तथा आत्मज्ञान से ही प्राप्त होती है। गुरु आदि के उपदेशो तथा स्वय के अनुभव से प्राप्त मानसिक पवित्रता से हुए आत्म साक्षात्कार का निरतर अभ्यास करते रहे। तब दिशा भ्रम के अज्ञान का नाश होने पर समस्त विश्व प्रपच समाप्त हो जाता है। धन, मित्र, पिता, पुत्र आदि व्यक्ति का उपकार नही कर सकते। देह के क्लेशों का नाश या तीर्थो में जाने से भी कोई लाभ नही होता, केवल चिन्मात्र मे लय से ही परमपद की प्राप्ति होती है। ससार के सभी दु ख, तृष्णा आदि शात मनवाले मनुष्य मे सूर्य के समाने अंधकार के समान नष्ट हो जाती है। शमवाले व्यक्ति का सभी मधुर या कठोर स्वभाववाले प्राणी विश्वास करते है। (21-30)

रसायनो के पीने से या अपार लक्ष्मी से वह सुख प्राप्त नही होता, जो शम (शाति) से प्राप्त होता है। जो सुनकर या भोगकर भी शुभ या अशुभ से हर्षित या दु खी नहीं होता वही शात करा जाता है। जिसका मन चंद्र के समान निर्मल होता है, जो उत्सव, युद्ध, मृत्यु आदि से किसी प्रकार प्रसन्न या अधीर नही होता, वही व्यक्ति शात कहा जाता है। उसी व्यक्ति का यज्ञ करनेवालो, तपस्वियो,

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

परमात्मा हम दोनों (गुरु एव शिष्य) की एक साथ रक्षा करे, एक साथ हमें उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम द्वेप न करें।

शुद्ध एवं अशुद्ध, मन दो प्रकार का होता है। इच्छाओंवाला अशुद्ध तथा इच्छारहित न शुद्ध मन होता है। विषयों में लगा मन वधन और विपयरहित मन मोक्ष देता है। अत मोक्ष का इच्छुक मन को विषयरहित करे। इस मन को हदय में रोककर उन्मन अवस्था के वाद परमपद प्राप्न होता है। मन के नाश होने तक इसे रोकना चाहिए तभी मोक्ष प्राप्त होता है। ऐसा न करने पर वधन का ही विस्तार होता है। मोक्ष होने पर चितन-अचितन से परे निष्पक्ष व्रह्म प्राप्त होता है। अत. साधक स्वरों की साधना करे। वही योगसिद्धि का मार्ग है। तव 'मै निष्कल, निर्विकल्प, निरजन व्रह्म हू' ऐसा ज्ञान होता है। इस प्रकार के कारणरहित व्रह्म को (जो अप्रमेय है), जानकर विरोध, जन्म, वधन, माया, मोक्ष की इच्छा तथा मुक्ति की भी कामना नही रह जाती है। (1-10)

जागृत, स्वप्न एवं सुषुप्ति में एक ही आत्मा मानना चाहिए। एक ही आत्मा प्रत्येक प्राणी मे विभिन्न जलों में दिखाई देनेवाले एक ही चद्रमा के समान रहता है। शून्य में घडा होने पर उसमें भी शून्य होता है, किंतु फूटने पर शून्य नष्ट नही होता; अत. शरीर के नाश पर परमात्मा का नाश नही होता। शब्द एव व्रह्म दोनों अक्षर (नाश न होने वाले) है। अत शब्द के नष्ट होने पर जो शेप रहता है, महात्मा उसी का ध्यान करें। 'शब्द व्रह्म' एव 'परम व्रह्म' दो व्रह्म है। 'शब्द व्रह्म' (वेदादि) मे कुशलता पाने के बाद परम व्रह्म को जानें। ज्ञान प्राप्त होने पर विद्वान व्यक्ति धान लेने पर पुआल को छोडने के समान ग्रथों को त्याग दे। अनेक रगोंवाली गायों में अधिक दूधवाली का चयन करने के समान विद्वान का वेश न देखकर ज्ञान देखना चाहिए, दूध में घी के समान ही प्राणियो में व्रह्म रहता है, अत उसे मन से मथकर प्राप्त करना चाहिए। ज्ञान की प्राप्ति पर निष्कल, निर्मल, शात 'वह व्रह्म मै हूं' ऐसा मानना चाहिए। सभी प्राणियों में रहनेवाला और उनका निवास स्वरूप 'व्रह्म मै ही हू' ऐसा समझना चाहिए। (11-22)

□

राजाओं, विद्वानो आदि मे भी सम्मान होता है। सतोष के अमृत को पीकर शात और तृप्त बने महात्मा आत्मा मे रमण करते है। उन्हे ही परमपद मिलता है। जो प्राप्त वस्तु के प्रति भी सतुष्ट रहे तथा मिली वस्तु की चिता न करे, सदा समान रहे, वही व्यक्ति सतुष्ट कहा जाता है। जैसे पतिव्रता स्त्री अपने आगन मे ही सतुष्ट रहती है, जो मिल जाए उसी मे सतुष्ट रहती है, इसी प्रकार की अनत आनददायक अवस्था जीवन्मुक्त अवस्था कही जाती है। जब तक आत्मविश्राति प्राप्त न हो जाए तब तक समय, देश एव शास्त्र के अनुसार कार्य करते हुए तथा सत्सग करते हुए मोक्ष के मार्ग पर विचार करते रहना चाहिए। तुरीयावस्था मे गृहस्थ हो या सन्यासी हो, वह ससार चक्र से छूट जाता है, उसे इस भ्रमजाल मे पडने की आवश्यकता ही नही रहती तथा उसके लिए वेदो, स्मृतियो आदि का पालन भी व्यर्थ हो जाता है। वह आत्मा मे स्थित होकर समुद्र के समान स्वय ही सब कुछ प्राप्त कर लेता है। (31-41)

सर्वात्ममय वेदन (ज्ञान) के प्राप्त होने पर समय एव दूरी से बधा समस्त विश्व केवल 'चित्त' रूप ही लगता है। तब आत्मा जहा और जिस रूप मे भी हो, वहा वैसे ही अत्यत उल्लास के साथ स्थित हो जाता है। सुषुप्ति मे लीन होने पर स्वप्न की तरह यह समस्त चराचर जगत-प्रलय मे नष्ट हो जाता है। ज्ञानी लोगो ने इस आत्मा को परमब्रह्म, सत्य तथा यज्ञ का स्वरूप कहा है। जैसे ककण केवल सोना ही होता है, उससे भिन्न नही, उसी प्रकार ब्रह्म ने इस जगत को भी बनाया है, यह उससे भिन्न नही है। इस दृश्य जगत मे डूब जाने से द्रष्टा को बधन हो जाता है। दृश्य के समाप्त हो जाने पर ही मोक्ष होता है। यह 'तेरा' और 'मेरापन'वाली सृष्टि ही दृश्य जगत है। इस समस्त माया का प्रपंच मन के कारण ही होता है। अत मुक्ति के लिए मन की इच्छा का समाप्त होना आवश्यक है। स्वयं उत्पन्न हुए ब्रह्मा ने भी इस विश्व को मन से ही उत्पन्न किया है। (42-50)

वास्तव मे मन का 'सत' रूप मे बाहर या भीतर, कही भी अस्तित्व नही है। विषयो का बोध होना ही मन कहलाता है। इच्छाए करना ही इसका रूप है। अत. मन सकल्प (इच्छा) के अतिरिक्त कोई और वस्तु नही है। आज तक कोई भी मन एव सकल्प को एक-दूसरे से अलग नही कर पाया है। सकल्पों के नष्ट हो जाने पर केवल आत्मा ही शेष रहता है। 'मै' और 'तुम' इस भाव के समाप्त होने पर ही कैवल्य (मोक्ष) प्राप्त होता है। प्रलय के समय समस्त दिखाई देनेवाले प्रपच का नाश हो जाने पर केवल शात आत्मा ही रह जाता है। जो आत्मा सूर्य के समान कभी अस्त नही होता, वह निरामय देव ही परमब्रह्म है। वाणी आदि उसे बिना प्राप्त किए ही लौट आती है। उसी की आत्मा तथा रूपों की कल्पना की जाती है। वही रूप आदि से रहित परमात्मा है। चित्त आकाश, चिद आकाश तथा यह दिखाई देनेवाला आकाश, ये तीन आकाश हैं। चिदाकाश अत्यंत सूक्ष्म है। एक देश से दूसरे देश में जाने के बीच चित्त की सूक्ष्म उपस्थिति ही चिदाकाश है। इसमें समस्त सकल्पो के अस्तित्व को नष्ट कर देने पर उस सभी के आत्मा स्वरूप पद की प्राप्ति हो जाती है। (51-60)

इस चिदाकाश मे स्थित होने पर उदार और वैराग्यमय आनंद देनेवाली अवस्था ही समाधि है। उस समय—समस्त दृश्य जगत एक शून्य प्रतीत होता है और राग, द्वेष आदि समाप्त हो जाते है। इसके अभ्यास से चित्त को एकाग्र करके प्रसन्न रहने की शक्ति पैदा हो जाती है। दृश्य की सत्ता की सारहीनता ज्ञात होना ही ज्ञान है। यही आत्म कैवल्य है। उसके अलावा यह समस्त प्रपच झूठ

अत प्रपच भाव को त्यागकर श्रेष्ठ बुद्धि से मन को नियत्रित करते हुए 'चित्त' मात्र में स्थित होओ। वैराग्य का आश्रय और उसकी सहायता से चित्त को अचित्त बनाकर हृदयाकाश मे ध्यान करे। चित्त के चक्र की धार से मन को मारकर नि शक हो जाओ। 'अपने-पराए' की भावना का नाश करने से मन का स्वय ही नाश हो जाता है। शरद ऋतु में वायु से टकराकर छिन्न-भिन्न बादल आकाश में ही लय हो जाते है, वैसे ही सद विचारो से मन भी लय हो जाता है। चाहे सारे समुद्र एक होकर वर्षा दे, चाहे प्रलयकालीन उनचासों वायु पूरे वेग से बहने लगे या चाहे बारहो आदित्य एक साथ चमकने लगें, जिसका मन लय हो जाता है, उसे कोई हानि नही होती। सकल्पहीनता सभी सिद्धियो का उपाय है। अत इस अवस्था मे रम जाओ। मन का धर्म चचलता होने से सभी जगह चंचल मन ही दिखाई देता है। चंचल शक्तियुक्त स्पदन शक्ति चित्त का कार्य है। यह शक्ति विश्व प्रपच का ही रूप है। चंचलता से रहित मन ही अमरता है। उसी को शास्त्र मोक्ष कहते है।(91-100)

यह मन की चचलता ही वासनात्मक अविद्या है। अत इसका विचारों से नाश करे। जिस लक्ष्य में मन को लगाते हो, उसे प्राप्त करने के लिए निर्विकल्पक समाधि लगाओ। चित्त को चित्त से ही प्रयत्नपूर्वक वश मे करके शोक एव आतक से मुक्त होकर स्थिर होओ। विषयहीन मन ही मन को रोक सकता है क्योंकि सत्ताधारी राजा ही किसी राजा को हरा सकता है। तृष्णारूपी ग्राह द्वारा पकड़े गए, संसार सागर मे फसकर किनारा पाने मे असमर्थ तथा भवर जाल मे पडे लोगो को विकारहीन नौका रूपी मन ही पार लगा सकता है। अत इस शक्तिशाली मन के द्वारा प्रपच को नष्ट करके संसार सागर से पार हो जाओ, दूसरा कोई इससे पार नही करा सकता। अतःकरण को ढकनेवाली मनरूप वासना को त्यागना ही बुद्धिमान का परम कर्तव्य है। इससे अविद्या का अधकार नष्ट हो जाता है। पहले भोग रूप वासना का फिर भेद रूप का तथा इसके बाद भाव-अभाव रूप का त्याग करना ही उचित है। इससे निर्विकल्पक समाधि से सुख प्राप्त करो। मन के अनुभवों में चित्त को मत लगाओ। आस्था का त्याग मोक्ष तथा इसका सहारा बधन है। प्रज्ञावान से अविद्या दूर रहती है। (101-110)

सासारिक भ्रमजाल काटों से ओत-प्रोत है। जब तक इसे नष्ट करनेवाली आत्म साक्षात्कार की भावना दृढ़ नही होती, तब तक यह भ्रम मे डालता रहता है। इस भावना के दृढ़ होने पर यह नष्ट हो जाता है। अविद्या रूपी इच्छा का नष्ट होना मोक्ष है। सकल्पों के नाश पर ही इच्छाओ का भी नाश होता है। कलि रूपी अंधकार को नष्ट करने के लिए चित्त के आकाश में वासना रात्रि को नष्ट करने हेतु चेतना सूर्य का उदय आवश्यक है। विषयहीन और सब ओर जानेवाली मन की अवस्था वर्णन से बाहर होती है। यह निश्चय ही अव्यय, नित्य एवं चित्त रूप ब्रह्म है, इसके अतिरिक्त कुछ भी नही है। वह केवल भ्रम नही है, वह दृश्य का विकार अस्तित्व से रहित है। इस जगत मे न तो कोई जन्म लेता है और न मरता है, सब मिथ्या प्रपच है। केवल सर्वव्यापक अव्यय आभास रूप एव चित्त के विकारो से परे रहनेवाला आत्मा ही सत्य है। यह आत्मा नित्य व्यापक, निरुपद्रव, शुद्ध, निर्विकार तथा शमरूप में स्थित है। (111-120)

इसमें चित्त सकल्प रहित हो जाता है, चित्त की यही अवस्था मन कहलाती है, जो स्वय निर्दोष होता है। अत मन सकल्प द्वारा ही नष्ट हो जाता है। अपने को ब्रह्म से भिन्न मानना ही बधन मे

है। जैसे धूल के कण के बराबर छिद्र मे मच्छरों एवं सिहों का युद्ध मदोन्मत्त ऐरावत को सरसो के बराबर छिद्र में बांधना या कमल की पंखुडी में रखे हुए सुमेरु पर्वत को भंवरे के बच्चे द्वारा निगला जाना, ये सब मिथ्या कथन है, वैसे ही यह विश्व भी झूठ है। इसका अस्तित्त्व है ही नही। राग-द्वेष आदि से युक्त चित्त ही विश्व है। इन दोषों से मुक्त हो जाना ही मोक्ष है। मन द्वारा शरीर की इच्छा होने पर ही आत्मा देहमय बनता है। देह का भ्रम दूर होने पर वह फिर निर्लिप्त हो जाता है। मन ही कल्प को क्षण तथा एक क्षण को कल्प बना देता है, अत यह सब विश्व केवल मन की कल्पना ही है। जो एकाग्र चित्त तथा शांत मन नही होता और इसके विपरीत होता है, उसे कभी आत्मज्ञान प्राप्त नही होता। अपने को उस अद्वैत आनंदस्वरूप सत-चित्त धन निर्गुण ब्रह्म के समान समझ लेनेवाला कभी भयभीत नही होता। (61-70)

'मै परम से परम, महान से महान, कवि, पुराणपुरुष, तेजोमय स्वरूप शिव, सर्वेश्वर, सभी देवताओं द्वारा पूजित ब्रह्म हूं' ऐसा ज्ञान ही मोक्ष का श्रेष्ठ उपाय है। ममता के कारण ही प्राणी वधन में पड़ता है तथा ममता से रहित होना मोक्ष के मार्ग पर चलना है। ब्रह्म की इच्छा से लेकर इच्छा के त्याग तक यह समस्त ईश्वर की कल्पना है। जागृत अवस्था से मोक्ष प्राप्ति तक यह सब प्राणी की कल्पना है। कठोपनिषद् की त्रिनाचिकेत अग्नि से श्वेताश्वतर के योग तक सब ईश्वरीय भ्राति है तथा चार्वाक के मत से कपिल मुनि के साख्य सिद्धात तक दर्शन का आधार जीव की भ्राति है। मुक्ति प्राप्ति का इच्छुक जीव एव ईश्वर के वाद-विवाद से भ्रमित न हो। उसे दृढता से ब्रह्म तत्व का मनन करना चाहिए। ज्ञानी व्यक्ति दृश्य जगत को भी चित्त रूप ही माने। वही शिव, ब्रह्म तथा विष्णु है। विषयो के त्याग के समान ही ज्ञान प्राप्त करना भी अत्यंत कठिन है। सच्चे गुरु की कृपा के बिना सहज अवस्था दुर्लभ है। सब कर्मों को त्यागकर वोध-शक्ति को जगाने से सहज अवस्था स्वत ही प्राप्त हो जाती है। इसमे थोड़ी-सी भिन्नता रहने तक भय-ही-भय है। सर्वमय सच्चिदानंद के दर्शन केवल ज्ञान की आखों से ही हो सकते है। इनके अभाव में उसे अधे द्वारा सूर्य-दर्शन के समान ही परम ब्रह्म के दर्शन कदापि नही हो सकते। (71-80)

ब्रह्म प्रज्ञान रूप है तथा सत्य का भी लक्षण ज्ञान ही है। मरणशील व्यक्ति ब्रह्म के ज्ञान से ही अमरता प्राप्त करता है। ब्रह्म कार्य भी है और कारण भी। उसके साक्षात्कार से सारे सशय नष्ट हो जाते हैं। कर्मों के क्षय से हदय की ग्रथियां खुल जाती है। सब कुछ आत्मा ही है, ऐसा मानते हुए ससार में निर्विकार और त्याग भाव से रहो। मरुस्थल में प्रतीत होनेवाला जल भी जैसे भूमि ही होता है, उसी प्रकार तीन अवस्थाओं (स्वप्न आदि)वाले इस विश्व को 'चित्त' ही समझना चाहिए। लक्ष्य-अलक्ष्य को त्यागकर आत्मा में निष्ठावाला प्राणी शिव रूप ही है, जो मन-वाणी द्वारा अगम्य एव नित्य, सर्वगत, सूक्ष्म, अविनाशी है—यह विश्व सर्वशक्तिमान परमात्मा का मनोविलास ही है। सयम-असंयम से अंत में सांसारिक प्रपंच शात हो जाता है। मैं मन के विकारो को शात करने का उपाय तुम्हें वताता हू। मन जिस वस्तु की इच्छा करे, उसके त्याग से मोक्ष प्राप्त होता है। जो इच्छा को नही त्याग सकता, एकातप्रिय नही हैं तथा आत्मा के अनुसार नही चलता उस मनुष्य रूपी कीडा को इच्छित वस्तु का स्वयं ही प्रयत्न करके त्याग करने से मन को शाति प्राप्त होती है। (81-90)

सकल्प-शून्यता रूपी शस्त्र चित्त को काट देता है। तभी सर्वगत शात ब्रह्म प्राप्त होता है।

डालना है । ब्रह्म को सब कुछ मानने से मन मुक्त हो जाता है । शरीर की तथा सासारिकता की चिता ही व्यक्ति को बंधन मे डालती है, इससे दूर रहने वाला सदा मुक्त रहता है । जो स्वय को केवल हड्डी एवं मास का पुतला न मानकर कुछ अन्य (ब्रह्म का अश) मानता है, उसकी अविद्या नष्ट हो जाती है । अभ्यास एव वैराग्य से भोगो की इच्छा को दबाकर निर्विकल्पक बन जानेवाला ही सच्चा सुखी हो जाता है । मेरा पुत्र, मेरा धन इत्यादि सब माया का भ्रम है । अत समस्त मोह का त्याग कर देना चाहिए । अज्ञानी मत बनो, अनात्म (मिथ्या भ्रम) में आत्मभाव मत रखो । यह मूर्खता है । इस जड शरीर से तुम्हारा कोई सबध नही है । यह घोर अपवित्र, गूगा, मास का पिड है । व्यर्थ मे इसके लिए दु खी न होओ । आश्चर्य की बात है कि प्राणी परम सत्य ब्रह्म को भूलकर इस देह के जाल मे पड जाता है । ज्ञानवान बनो । सासारिक कर्तव्यों को पूरा करते हुए भी इसमे लिप्त न होओ । अस्तित्वहीन अविद्या ने ससार को मूर्ख बनाया हुआ है । तिनके के समान तुच्छ जागृत एव सुषुप्त अवस्थावाला विश्व इसी के कारण वज्र के समान कठोर प्रतीत होता है । (121-131)

पंचम अध्याय

ऋभु ने अपने पुत्र से कहा, 'ज्ञान एवं अज्ञान, दोनों के सात-सात पद है । इन दोनो के बीच मे असंख्य भूमिकाए उत्पन्न होती है । अह स्वरूप को गिरा देनेवाला है । स्वरूप मे स्थित रहने से ही मुक्ति मिलती है । जो शुद्ध आत्मा को जानकर उससे विचलित नही होते, उन्हे राग-द्वेष आदि विकार प्रभावित नही कर सकते । इसे छोड़कर वासनाओ मे चित्त को डुबा देना सबसे बडा मोह है, जिससे बडा न कभी हुआ और न कभी होगा ही । मन के एक विषय से दूसरे विषय मे जाने के मध्य की स्थिति मे स्थित रहकर ही ध्वस्त मन को समझा जा सकता है । सभी सकल्पो के शात हो जाने पर पत्थर के समान चेष्टा रहित स्थिति परास्वरूप स्थिति कही जाती है । इस स्थिति मे चित्त शात, चेतन एक भेदभाव से शून्य हो जाता है । बीज जागृत, जागृत, महाजागृत, जागृतस्वप्न, स्वप्न, स्वप्न जागृत तथा सुषुप्ति, मोह की यही छ· अवस्थाए होती है । इनके परस्पर मिलने से अनेक भेद हो जाते है । इन सातो के लक्षण इस प्रकार है—प्रथम बीज जागृत अवस्था मे चित्त नाम आदि से रहित निर्मित होता है । यह चेतन अवस्था है । ज्ञाता की यह एक नई अवस्था है । (1-10)

'मोह की दूसरी अवस्था जागृत है । इसमें 'मेरा-तेरा' भाव विद्यमान रहते है । महाजागृत अवस्था मे 'यह मै हू', 'वह मेरा है' इत्यादि पूर्वजन्मों के संस्कारों से युक्त भावनाए होती है । चौथी जागृत स्वप्नावस्था होती है । इसका परंपरा से या मनोमय दृष्टि से अपना एक निश्चित रूप है । इसमें एक के स्थान पर दो चद्रमा का, सीप के स्थान पर चादी का आभास होता है अर्थात मरीचिकावाली अवस्था है । इस आभास के कारण इसके अनेक भेद हो जाते है । स्वप्नावस्था में देखा हुआ दृश्य जागने पर नही दिखाई देता केवल उसकी स्मृति शेप रहती है । इसके वाद स्वप्न जागृत अवस्था है । इसमे जागृत अवस्था में भी स्वप्न दिखाई देते है । विभिन्न कार्यों के साथ ये देर तक टिके रहते है । इस अवस्था के वाद सुषुप्ति अवस्था होती है । यह अतीत के दु खो का वोध करानेवाली जड़ात्मक अवस्था है । इसमे विश्व आतरिक अज्ञान मे लय हो जाता है । ये मोह की सक्षिप्त सात अवस्थाए है । सूक्ष्म भेद करने पर प्रत्येक के सैकडो भेद हो जाते हैं । (11-20)

58. आत्मोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभ्य शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिर्भियर्यजत्रा
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु·।
स्वस्ति न इंद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा।
स्वस्ति नस्ताक्ष्यों अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥

ॐ शांति शांति शाति ।

हे देवताओ, हम कानो से कल्याणकारी वचन सुनें, आंखों से कल्याणकारक देखे, समस्त अगों सहित शरीर से देवताओ के समान आयु को प्राप्त करे। यशस्वी इद्र हमारा कल्याण करे, सूर्य हमारा कल्याण करे तथा अरिष्टनाशक बृहस्पति हमारा कल्याण करें।

परमात्मा तीन रूपो मे पैदा हुआ—आत्मा, अतरात्मा एव परमात्मा। शरीर के त्वचा, मास, बाल आदि उत्पन्न होते तथा मर जाते है, यहां आत्मा है। पृथ्वी, अग्नि आदि इच्छा-द्वेष, सुख-दु ख, स्मृति, लिग, ह्रस्व-दीर्घ, नृत्य, गीत, देखने-सुनने, सूंघनेवाला विज्ञान, आत्मा पुरुष, पुराण, न्याय, मीमासा आदि शास्त्र, इन सबमे विद्यमान— यही अतरात्मा है। परमात्मा अक्षर उपासना करके योग्य होता है। प्राणायाम, प्रत्याहारर, धारणा, ध्यान एव समाधि योग द्वारा आत्मचितन से बाल के हजारवे भाग की कल्पना से भी सूक्ष्म 'सोऽहम्' भावना से जाना जाता है अन्यथा यह प्राप्त नही होता। न यह मरता है, न सूखता, जलता, भीगता आदि है। यह निर्गुण, ममता, शब्द-स्पर्श आदि से रहित है। यह सर्वव्यापक, अचितनीय एव अवर्णनीय, अशुद्ध-अपवित्रों को पवित्र करता है। वह निष्क्रिय तथा ससाररहित है। (1-4)

ब्रह्म शुद्ध, शिव, एकमात्र आभासमान है। विद्या-अविद्या और भाव-अभाव भी वही है। गुरु-शिष्य का भेद भी वही है। वस्तुत विद्या-अविद्या या जगत की कोई भी वस्तु सत्य नही है। यह सब एकमात्र ब्रह्म ही है। जैसे सामने रखी वस्तु का ज्ञान बिना प्रमाण के हो जाता है, वैसे ही इस आत्मा से ब्रह्म के लिए प्रमाण की आवश्यकता नही है। जैसे देवदत्त नाम के किसी व्यक्ति को अपने नाम के लिए प्रमाण की आवश्यकता नही होती, वैसे ही 'सोऽहं' का ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण है। सूर्य से ससार के समान उसी ब्रह्म के तेज से ब्रह्मांड प्रकाशित है। अत. उसके लिए प्रमाण की आवश्यकता नही है। वेद, शास्त्र आदि उसी के कारण अर्थवान हैं, जैसे बालक खिलौने को देखकर भूख, प्यास आदि भूलकर उसके साथ खेलने लगता है, उसी प्रकार ममता, अहकार आदि से रहित विद्वान सुखी रहता है। आत्मज्ञानी निर्धन होने पर भी सतुष्ट और असहाय होने पर भी स्वय को बलवान समझता है। न खाने पर भी तृप्ति अनुभव करता है। कुछ न करने पर भी क्रियाशील रहता है तथा भोक्ता न होने पर भी फलों का भोग करता है। शरीर होने पर भी शरीरहीन होता है। पृथक् होने पर भी सर्वव्यापक होता है तथा सबको समान समझता है। (5-14)

'ज्ञान की भी सात भूमिकाए है। इनका ज्ञान न होने पर प्राणी मोह के कीचड मे डूब जाता है। यद्यपि इन योग भूमिकाओ के अनेकों भेद बताए गए हैं,तथापि यही सात महत्त्वपूर्ण भेद है,जो परम कल्याणमय है। इनसे प्राप्त बोध ही ज्ञान कहा जाता है। इनके बाद मिलनेवाली मुक्ति ही ज्ञेय (जानने योग्य) कहलाती है। इन सातो ज्ञान भूमिकाओं के नाम क्रमश इस प्रकार है शुभेच्छा, विचारणा,तनुमानसी,सत्त्वापत्ति,ससक्ति,पदार्थ, भावना तथा तुर्यगा। इनसे मुक्ति प्राप्त होने पर शोक सदा के लिए छूट जाते है। वैराग्य से पूर्व शास्त्राध्ययन एव सत्सग से सासारिकता के प्रति ग्लानि होना शुभेच्छा है। इसके पश्चात इस प्रकार के अध्ययन से वैराग्य की प्रवृत्ति उत्पन्न होना विचारणा है। इस अवस्था के प्राप्त होने पर विषयो के प्रति आसक्ति नष्ट हो जाती है। यही अवस्था तनुमानसी कहलाती है। इन तीनो भूमिकाओं का अभ्यास पूर्ण होने पर वैराग्य प्रबल हो जाता है,जिससे चित्त 'सत्त्व' स्वरूप मे स्थित हो जाता है। इसी अवस्था को सत्त्वापत्ति कहते है। (21-30)

'चारो अवस्थाओ के अभ्यास से जो असंसर्ग कला सत्त्व मे स्थित होती है,उसे आसक्ति कहते है। अब पाचो अवस्थाओ के अभ्यास से साधक अपने ही आत्मा मे रमण करने लगता है। उसके लिए बाह्य एव अभ्यतरिक (भीतरी) सभी प्रकार की पदार्थ भावना नष्ट हो जाती है। यही पदार्थ भावना है। छ भूमिकाओं के अभ्यास से उसकी सभी प्रकार की भेद बुद्धि (अन्य वस्तुओ को परमात्मा से पृथक् मानने की बुद्धि) नष्ट हो जाती है और वह अभेदात्मक आत्मभाव मे ही पूर्णतया एकनिष्ठ हो जाता है। इसी अवस्था को सातवी तुर्यगा अवस्था कहा जाता है। यह केवल जीवन्मुक्त साधको को ही प्राप्त होती है। इसके बाद विदेहमुक्ति तुर्यातीत अवस्था होती है। जो परम भाग्यशाली तुर्यगा अवस्था मे पहुच जाते है,वे अपने आत्मा मे ही रम जाते है। वे महान पद को प्राप्त करके सुख-दु ख से दूर होकर जीवन्मुक्त बन जाते है। वे सासारिक कार्यो को करते हुए भी उनमे लिप्त नही होते। वे साथियो द्वारा जगाए गए मनुष्य के समान श्रेष्ठ सासारिक एव सनातन कार्यो को करते रहते हैं। इन सातो भूमिकाओ को कोई मेधावी ही प्राप्त करता है। इन्हे यदि नीच, म्लेच्छ या पशु भी प्राप्त कर ले,तो वे भी देह त्यागने पर मुक्त हो जाते है। हृदयग्रथि के खुलने पर ही यह अवस्था मिलती है। तभी मुक्ति भी मिलती है।(31-40)

'जो सासारिक पदार्थ आत्मा से भिन्न है,उन्हें वास्तविक रूप मे देखने पर ही मृग-मरीचिका के नष्ट होने पर आत्मबुद्धि का उदय होता है। (ऐसा न होना ही अविद्या है) इस प्रकार अविद्या के नाश पर ही मुक्ति होती है। आत्म साक्षात्कार मे लगे रहने पर ही व्यक्ति इन भूमिकाओ को प्राप्त करता है। मन ही पूर्ण शाति का उपाय कहा गया है। इन सब भूमिकाओ का लक्ष्य ब्रह्मपद को प्राप्त करना है। 'तेरा', 'मेरा' आदि भेदभाव का नष्ट होना ही ब्रह्मपद है। सासारिक पदार्थो का अस्तित्व आत्मा की संवेदना ही है, अत इस अवस्था मे भावनात्मक बुद्धि भी शेष नही रहती है और ईश्वर का चिंतन भी नही होता। ब्रह्म, आशास्वरूप, शिव, शाश्वत, दोष, आलबन-कारण-वर्णन रहित है, उसका आदि, मध्य या अत नही है, वह 'सत', 'असत' से परे है। मन, वाणी आदि इद्रिया उसे ग्रहण नही कर सकती, वह परम सुख रूप तथा आत्म-साक्षात्कार रूप है, अत वह आत्मसवेदन मे भी नही आता। द्रष्टा (देखनेवाला) और दृश्य के बीच मे दृष्टि का स्वरूप, द्रष्टा, दृश्य एव दर्शन से भिन्न

को पुन. पुन. रागयुक्त करने पर प्राज्ञ लज्जित क्यों नही होता ? चित्त एव विषयो का योग बधन है, इनसे छुटकारा ही मुक्ति है। वेदात का सार यही हे कि विषयों से युक्त चित्त ही आत्मा है। इसे सत्य समझकर स्वच्छ अतःकरण से स्वय का अवलोकन करो। इससे आनद स्वरूप पद मिलेगा। ये लोक दिशाए, आकाश सब 'चित्त' ही है। दृश्य एव दर्शन से मुक्त होकर निर्मल रूपी साक्षी चिदात्मा आभासरहित होकर प्रकट हुआ है और यही द्रष्टा बन गया है। (70-81)

'मैं महान सवित मात्र पूर्णज्योतिस्वरूप सवेदनमुक्त तथा 'चित्त' रूप हू।' समस्त सकल्पो को शांत और कामनाओं को त्यागकर निर्विकल्प पद मे इसी प्रकार स्थित होओ। जो ब्रह्मवेत्ता इस उपनिषद का नित्य अध्ययन करता है, वह अश्रोत्रिय हो, तो श्रोत्रिय हो जाता है तथा अनुपनीत उपनीत हो जाता है। वह अग्नि, वायु, सूर्य, चद्रमा, सत्य तथा सभी अन्य देवताओं के समान पवित्र हो जाता है। वह सभी देवताओं का ज्ञाता, सभी तीर्थों में नहाए के समान, सभी देवताओं का कृपापात्र तथा सभी यज्ञो को करनेवाले के समान हो जाता है। उसे हजारो गायत्री जप का फल मिलता है, इतिहास, पुराण तथा रुद्रीय के हजार पाठ जप के तथा प्रणव के दस हजार जप के फल की प्राप्ति होती है। उसकी दृष्टि जहा तक देखती है, वहा तक सब पवित्र हो जाते है। वह अपनी सात-सात पिछली और आनेवाली पीढ़ियो को पवित्र कर देता है। इसके जप से अमरता प्राप्त होती है। ऐसा भगवान हिरण्यगर्भ ने कहा है।'

□

साक्षात्कार रूप में स्थित होता है। चित्त की एक स्थान से दूसरे स्थान मे जाने के बीच की स्थिति मे सदा तन्मय रहना चाहिए। अपने जागृत, स्वप्न एवं सुषुप्ति से भिन्न जड-चेतन से शून्य सनातन रूप में स्थित रहो और उसी में लीन रहो। (41-50)

'जड़ता शिला के समान अवस्था है, अत इसे त्यागकर अमनस्क स्थिति मे स्थित रहो। चित्त को त्यागकर जो अवस्था होती है, उसी मे स्थित रहो। परम आत्मा से सर्वप्रथम मन ही उत्पन्न हुआ है। संसार उसी मन का विकल्परूप है, शून्य से शून्य उत्पन्न होता है। शून्य आकाश से सुदर नीलापन प्रकट होता है। संकल्प नाश होने पर चित्त की वृत्तियां भी गल जाती है। फलस्वरूप सांसारिक मोह भी गल जाता है। तब शरद ऋतु के स्वच्छ आकाश के समान वह सभी प्राणियो-पदार्थो का जन्म-स्थल, अजन्मा 'चित्त' मात्र रूप ही आभासित होता है। तब बिना रगो और कलाकार के आकाश चित्रित जैसा लगता है। द्रष्टा न होने पर भी निद्रा रहित स्वप्न जैसा दिखाई देता है। यह 'चित्त' आत्मा के समान निर्विकल्पक साक्षी रूप तथा निर्मल दर्पण के समान है। इच्छा न होने पर भी उसमे तीनो लोक प्रतिबिंबित होते है। वह सभी के स्वरूपवाला, चिदाकाश रूप, अखड तथा एक है। इस प्रकार की भावना करने से चित्त चपलता त्याग देता है। शिला पर खिची रेखा एव उपरेखा के समान तीनो लोको युक्त ब्रह्म के दर्शन करने चाहिए। 'चित्त' मात्र के अतिरिक्त किसी कारण से इस विश्व की उत्पत्ति नही हुई। इस अनुभूति के बाद माया से दूर तथा संशयों से रहित होकर केवल चिन्मात्र के दर्शन करो। 'जो जानना था जान लिया;जो देखना था देख लिया, लंबे समय से थकने के बाद अब मुझे आराम मिला है'। इस प्रकार परम पद की प्राप्ति पर सकल्पों एवं काल को अर्थहीन कर देनेवाले साधक दोषो से मुक्त होकर ब्रह्म पद को प्राप्त करते है। (51-60)

'जिसका चित्त शांत हो तथा जो अमनस्क हो गया हो उसकी मेधा (बुद्धि) वृद्धि को प्राप्त होती है। मन की वृत्तियों के नष्ट होने पर मानसिक सकल्पो के त्याग के अभ्यास से परिपक्व मनवाले वेदांत के मनन में लगे रहते है। तब वे हेय (अनुपयोगी) तथा उपादेय दोनों ही पदार्थों का त्याग कर देते हैं। जो प्रपंच को नही देखते, जानने योग्य परमतत्त्व मे लीन रहते हैं, ससार के नीरस तथा सरस सभी का त्याग करके विरक्त हो गए है, इस मोहमय जगत के प्रति सोए जैसे हो गए है, जिन्होने प्रबल वैराग्य से सासारिक जाल को चूहे के समान काट डाला है और जिनकी हृदय ग्रथि खुल गई है, वे सुदर परिणामवाले जल के समान शुद्ध हो जाते हैं। पिजडे से मुक्त पक्षी के समान जब मन मोहपाश से मुक्त हो जाता है तब वह द्वंद, आलब, राग आदि से रहित हो जाता है। देह के दुरात्म भाव के शात तथा प्रपच से मुक्त व्यक्ति का चित्त पूर्ण चद्रमा के समान सुशोभित होता है। जो यह सोचता है कि 'न तो मै हू न कोई अन्य वस्तु ही है केवल एक ब्रह्म ही सर्वत्र है,' वही वास्तव मे, 'सत' एव 'असत' को पहचाननेवाला है। जैसे मन अनुराग न होने पर भी दर्शन, द्रष्टा एव दृश्य की ओर खिच जाता है, ज्ञानी लोग वैसे ही अनासक्त भाव मे सासारिक कर्तव्य पूर्ण करते है'। (61-70)

'जैसे उपकार किए जाने पर चोर मित्रता का निर्वाह करता है, उसी प्रकार भली प्रकार से भोगे हुए भोग भी सतुष्टि प्रदान करते है। जहा की आशा न हो उस गाव में आ जाने पर जैसे पथिक उसे आश्चर्य से देखता है, वैसे ही ज्ञानी भोगमय ऐश्वर्यों को देखते है। वश में हुआ मन थोडे भोगो को

71. त्रिशिख ब्राह्मणोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शाति. शांति शाति ।

वह ब्रह्म पूर्ण है, यह जगत भी पूर्ण है, उस पूर्ण से ही इस पूर्ण की उत्पत्ति हुई है, अत पूर्ण से पूर्ण को ले लेने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है । दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के ताप शात हो ।

त्रिशिखी ब्राह्मण आदित्य लोक पहुचा और उसने भगवान आदित्य से पूछा 'भगवान । देह, प्राण, कारण तथा आत्मा क्या है ?' इसके उत्तर मे आदित्य बोले, 'इस सबको शिव ही समझना चाहिए । वही नित्य, शुद्ध, निरजन, विभु, अद्वय, शिव अपने एक प्रकाश से तपाए गए लोहे के पिड के समान सबको अनेक रूपों में बनानेवाला है । यदि यह कहा जाए कि वह प्रकाश करनेवाला कौन है ? तो इसका उत्तर होगा कि अविद्या से संयुक्त ब्रह्म ही 'सत' कहा जाता है । ब्रह्म से अव्यक्त, अव्यक्त से महत, महत् से अहकार, अहकार से पाच तन्मात्राएं, तन्मात्राओ से पाच महाभूत तथा इन पाच महाभूतो से यह जगत उत्पन्न होता है, वह सपूर्ण भूतो के विकार से उत्पन्न विभाग ही है । यदि प्रश्न किया जाए कि भूतों के विकार से एक ही पिड अनेक रूपो मे किस प्रकार विभक्त होता है ? तो समाधान यह है कि इनके कार्य-कारण भेद रूप से कार्य-कारण, वाच्यस्थान तथा देवता कोश विभाग होते है । अंतःकरण, मन, बुद्धि, चित्त, अहकार, ये पाच आकाश है, समान, उदान, व्यान, अपान एव प्राण, ये पांच वायु है, श्रोत (कान), त्वचा, चक्षु (आख), जिह्वा एव घ्राण, ये पाच अग्नि है, शब्द, स्पर्श, रूप, रस एव गध, ये जल है, वाणी, पाव, हाथ, पायु (गुदा) एव उपस्थ (जननेंद्रिय), ये पाच पृथ्वी हैं । (1-5)

'ज्ञान, सकल्प, निश्चय, अनुसधान ओर अभिमान आकाश के कार्य तथा अतःकरण के विषय है । समीकरण, आख खोलना, पकडना, सुनना एव सास लेना, ये वायु के कार्य तथा प्राण आदि के विषय है । शब्द, स्पर्श आदि अग्नि के कार्य और ज्ञानेंद्रियों के विषय है । बोलना, लेना आदि पृथ्वी के कार्य तथा कर्मेंद्रियो के विषय है । मन, बुद्धि, चित्त एवं अहकार, ये अतर्भूत है । अवकाश, हटाना, दर्शन आदि सूक्ष्म तन्मात्राओं के विषय है । आध्यात्मिक, आधिभौतिक तथा आधिदैविक बारह प्रकार के अग है । यहा चद्रमा, ब्रह्मा, दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनी कुमार, इद्र, विष्णु, प्रजापति और यम इद्रियो के देवता है । प्राण बारह नाडियों मे स्थित रहते है । इन अगो का ज्ञान ही ज्ञाता है । आकाश, वायु, अग्नि, जल एव अन्न इनका पचीकरण इस प्रकार है—समान के योग से कानो द्वारा शब्दो के गुण वाणी में, आकाश में स्थित है । बुद्धि उदान के योग मे है । चक्षु द्वारा रूप पाव के आश्रय मे अग्नि में स्थित है । चित्त अपान के योग मे है । रस गुण जिह्वा द्वारा उपस्थ के आश्रय मे

भी अत्यधिक क्लेशकारक मानता है। अन्य राज्यों द्वारा आक्रमण न होने पर राजा अपने राज्य को भी तुच्छ-सा मानने लगता है, वही राजा बंदी बनाए जाने पर मुक्ति प्राप्त करके एक ग्रास को भी मूल्यवान समझता है। दातों से दातो को दबाकर हाथों से हाथों को मलकर तथा अगो को भीचकर मन को जीते। विश्वरूपी सागर मे इसे जीतने से बढकर अन्य उपाय नही है। घोर नरक मे दुष्कर्म गजराज जैसे घूमते है। आशा शस्त्रो से सजी हुई शत्रु रूपी इद्रियों को जीतना अति दुष्कर है। अहकार का दमन करके इन इद्रियो को जीत लेने पर भोगो के प्रति रुचि हेमत ऋतु मे कमल के समान सूख जाती है। मन की एकाग्रता के अभ्यास से हदय की वासना दूर हो जाती है। विवेकी लोग अपने मन को सेवक के समान अपने अधीन कर लेते हैं, सपूर्ण इंद्रियो को वश मे कर लेनेवाला सामंत के समान है। मननशील व्यक्ति का मन लालन करनेवाली ललना के समान स्निग्ध तथा पालन करनेवाले पिता के समान होता है। (71-80)

'शास्त्रो के अनुकूल आचरण तथा स्वयं के अनुभव से प्राप्त बुद्धि के प्रकाश से मनरूपी पिता परम सिद्धि प्रदान करता है। आत्मगुणों से तेजोमय मनरूपी मणि हृदय मे शोभा पाता है। इस वासना के कीचड से कलकित मनोमणि को विवेक रूपी जल से शुद्ध करना चाहिए। विवेकपूर्ण बुद्धि से सत्य का दर्शन करो। इसी से इद्रिय शत्रु नष्ट होगे तथा ससार से पार हो जाओगे। संसार मे आशा ही दु खो की जननी है। विश्व के प्रति अनास्था ही सुख का कारण है। वासना मे बधे रहने से विश्व पुन-पुन प्रकट होता है। यह वासना अत्यधिक दु ख देनेवाली तथा सुखो का समूल नष्ट करनेवाली है। इसके पाश में धीर, कुलीन, महात्मा आदि जजीरों से सिह के समान बध जाते है। शास्त्रो के अनुकूल श्रेष्ठ आचरण करनेवाला कौन व्यक्ति सिद्धि नही प्राप्त करता? 'मै ही यह सपूर्ण विश्व हू, अच्युत परमात्मा हू मुझसे भिन्न कुछ भी नही है;' ऐसी भावना ही श्रेष्ठ है। 'मै इस सबसे अभिन्न हूं और मेरा साकार बाल की नोक से भी सूक्ष्म है;' ऐसी अनुभूति मुक्ति देनेवाली है, न कि वधन देनेवाली। जीवन्मुक्त पुरुष को ऐसा ही अनुभव होता है। (81-91)

'मै हाथ-पांव सहित देहवाला हू', यह एक तुच्छ सासारिक अनुभव है। अहकारयुक्त दुरात्म भाव ही सासारिक दु खो के वृक्ष की जड है। इसकी मार से जीव का पतन होता है। इस दु ख देनेवाले अहकार को छोडकर श्रेष्ठ अह (मै ब्रह्म हू) को प्राप्त करने से परम शाति के साथ ही कल्याण की प्राप्ति होती है। प्रथम दो अहंकारों में लगते हुए तीसरे अहकार का त्याग करे और साधना-शक्ति बढने पर उन दोनो को भी त्याग दे फिर अहकार रहित रहे। इसी से उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। किसी भी प्रकार के भोगों की इच्छा बधन ही है और इसे त्यागना ही मुक्ति है। मन के नाश से ही मन की उन्नति होती है। महान ज्ञानियों का ही मन नष्ट होता है। ज्ञानी लोग मन को न तो आनंदमय मानते हैं न आनंदहीन, न चल मानते है न अचल, न 'सत' न 'असत' और न ही इनके बीच की अवस्था ही। सभी सकल्पो एवं नामो से रहित इस अविनाशी चिदात्मा को स्व आत्मा कहा जाता है। (92-100)

'यह अद्वैत चेतन सत्ता सबमें व्याप्त होते हुए भी 'चित्त' मे स्थित सूक्ष्म आकाश के समान दिखाई नही देती। ज्ञानी लोग इसे आकाश से भी सौ गुने स्वच्छ रूप मे अवयवरहित देखते हैं, वे स्वय के ही रूप सपूर्ण जगत को देखते है। इस सत्ता का कभी उदय या अस्त नही होता। वह

मूल मे स्थित है। प्राण के योग से अहंकार है। घ्राण द्वारा गध गुण गुदा मे आश्रित तथा पृथ्वी मे स्थित है।' (6-9)

'प्रत्येक तत्त्व के आधे भाग और दूसरे तत्त्व की सोलह कलाओं के क्रम से अतकरण, व्यान, आख, रस एव वायु अर्थात् आकाश आदि पाच तत्त्वो की स्थिति है। आकाश आदि प्रत्येक के मुख्य भाग मे शेष भूतों के चार-चार भाग रहते है। मुख्य भाग के ऊपर और नीचे के भाग को क्रमश सूक्ष्म एव स्थूल समझना चाहिए। ये इसी प्रकार एक-दूसरे के अश में सम्मिलित होते है और एक-दूसरे का आश्रय लेकर परस्पर मिले रहते है। इन्ही के योग से पृथ्वी चेतन तत्त्व से युक्त है। तब इस पृथ्वी से औषधि, अन्न, चारो प्रकार के पिड, रस, रक्त, मास, मेदा, अस्थि, वीर्य, मज्जा आदि धातुओं की उत्पत्ति हुई।'

'इनके योग से पिडो की उत्पत्ति भी होती है। नाभि-मडल मे अन्नमय पिड स्थित है। इसके बीच में नाल सहित पदमकोश के समान हृदय है। इसमे कर्तृत्व अहंकार युक्त देवता है। मोहरूपी तमोगुण पिड कंठ में आश्रित है, जो समस्त मिथ्या भूतमय जगत मे व्याप्त रहता है। प्रत्येक आनदमयी आत्मा परमपद मूर्छा मे स्थित है, यह अनत शक्ति से युक्त होकर जगत को प्रकाशित करता है। यह जागृत, स्वप्न एव जागृत अवस्था मे सर्वत्र विद्यमान रहता है, किंतु सुषुप्ति एव तुरीय अन्य अवस्थाओ में नही रहता। उत्तम फलों में रस के समान सर्वत्र शिव स्वरूप चार रूपो मे वर्तमान रहता है। अन्नमय कोश के अदर अन्य कोश स्थित हैं, जैसे कोश हैं, वैसा ही जीव तथा जैसा जीव है, वैसा ही शिव है। इन दोनो में अतर यह है कि जीव विकारोवाला है, किंतु शिव निर्विकार है। कोश ही जीव के विकार तथा उसकी विभिन्न अवस्थाओ को बनानेवाले है। जैसे दूध को मथने से झाग पैदा होता है, वैसे ही मन के मथन से बहुत से विकल्प पैदा होते है। कर्म मे लगे रहने से ही कर्मो की उत्पत्ति होती है। इसके त्याग से शाति मिलती है। दक्षिण अयन को प्राप्त होने से प्रपंच में लिप्त होना पड़ता है।' (10-15)

'अहकार युक्त होने पर परमात्मा शिव ही जीव बन जाता है। अविवेक एव प्रकृति का सयोग इसे मोहग्रस्त कर देता है। वासनाओ के वश मे पडकर यह अनेको योनियो मे जाता है और मछली के समान सर्वत्र भटकता रहता है। काल के कारण तब इसे आत्मज्ञान एव विवेक होता है और एक के बाद दूसरे स्तर को प्राप्त करता है। तब यह प्राणो को मूर्धा मे धारण करता हुआ योग का अभ्यास करता है। योग से ज्ञान उत्पन्न होता है तथा ज्ञान से योग मे प्रवृत्ति होती है। ज्ञान-योग मे सदा सलग्न रहनेवाला योगी नष्ट नही होता। वह विकारों मे सदा ही शिव को देखता है और निर्विकार शिव के ध्यान मे लगा रहता है। ऐसे ज्ञान से रहित योगी को सिद्धि प्राप्त नही होती। अत इसके अभ्यास से मन से प्राणों को निरुद्ध करे। आठ अगोवाले योग की साधना से प्राणमयी शिखा उत्पन्न होती है। ज्ञान एव कर्म के भेद से योग दो प्रकार का है। कर्म योग के अनुसार जिसका चित्त व्याकुल नही होता, वह विषयो के बधन से मुक्त रहता है। शास्त्रो के बताए कर्मो मे मन का निग्रह कर्म योग है, तथा चित्त को सदा आत्मकल्याण मे लगाए रखना ज्ञान योग है, जो सभी सिद्धियो को देनेवाला है। दोनों प्रकार के योगो मे निर्विकार मन से रहने पर श्रेष्ठ मोक्ष प्राप्त होता है। शरीर तथा इंद्रियों के प्रति विरक्ति तथा परम तत्त्व मे सतत अनुरक्ति क्रमश यम एव नियम है। सभी वस्तुओ

गमन-आगमन, उठने-बैठने से रहित है, वह आधार एव विकल्प से रहित निर्मल प्रकाश रूप है। शांति, दमन आदि से चित्त के अंतःकरणों को निर्मल बनाना गुरु का प्रथम कर्तव्य है। इसके वाद शिष्य को ब्रह्म का स्वरूप-बोध कराना चाहिए कि यह सब तथा तुम ब्रह्म ही हो। अज्ञानी या अर्धज्ञानी को ऐसा उपदेश देना उसे नरक मे धक्का देने के समान है। प्रबुद्ध, समाप्त भोगेच्छा वाले तथा आशा रहित को ही यह ज्ञान देना चाहिए। उसे समझाना चाहिए कि अविद्या या मन कुछ भी नही है। जैसे दीपक होने पर ही प्रकाश होता है, सूर्य उदय पर ही दिन होता है तथा पुष्प के होने पर सुगध होती है, वैसे ही चित्त के होने पर ही संसार है। वस्तुतः ससार है ही नही। जब चित्त का नाश हो जाएगा, तो संसार का भ्रम भी दूर हो जाएगा। यह केवल आभास है। ज्ञान होने पर जब आवरण (माया का) हट जाएगा, तब तुम स्वय ही अपने स्वरूप को जानकर उसमे स्थित हो जाओगे और तुम्हे मेरे उपदेश की सार्थकता मालूम हो जाएगी। (101-109)

'उत्कृष्ट अविद्या स्वार्थ को नष्ट करने के लिए तैयार है, इसी से सभी दोषो को नष्ट करनेवाली विद्या प्राप्त होगी। शस्त्र ही शस्त्र को काटता है, मल से मल ही घुलता है, विष ही विष को नष्ट करता है तथा शत्रु ही शत्रु को मारता है। इसी तरह यह भूतो की माया स्वय को ही नष्ट करके प्रसन्न होती है। इसका स्वभाव दिखाई नहीं देता, दिखाई पडते ही यह नष्ट हो जाती है। इसके अस्तित्व को न मानकर सब कुछ ब्रह्म ही है, ऐसा मानना मोक्ष प्राप्त कराता है। ऐसा न मानना ही अविद्या है, अत इस भेद को त्याग देना ही उचित है। जो नष्ट नही होता उसे अक्षय पद कहते है। माया की उत्पत्ति किसके द्वारा हुई इस पर तथा इसे कैसे नष्ट किया जाए इस पर विचार करो। जब यह नष्ट हो जाएगी, तभी अक्षय पद प्राप्त होगा। इस सबके लिए इसके कारण मन को ही वश मे करना होगा, जिससे यह तुम्हे बार-बार जन्म-मृत्यु के चक्र में न डाल सके और चित्त रूपी समुद्र स्वय मार्ग दे। दृढ भावना के साथ 'चित्त' सत्ता की अखडता को मानो। वह चित्त-शक्ति चिन्मय सागर से कुछ क्षुभित हो रही है। इस सागर से निर्मल चिन्मय की लहरे उठ रही है। वायु स्वय ही जैसे आकाश मे उद्वेलित होता है, वैसे ही स्वात्मा मे आत्मा तरगे लेता है। आत्मा सर्वशक्तिमान होने से इस प्रकार का स्फुरण क्षणमात्र के लिए होता है। (110-120)

'जिस आत्मशक्ति को देशकाल (समय एव दूरी) चलायमान नही कर सकते है, वह एक अनत एवं उच्च पद मे स्थित है। वह परिमित होने के कारण रूपभावना-वाली होती है। रूप की भावना के कारण नाम सख्या आदि से जोड़ दिया जाता है। चित्त शक्ति का यही रूप देश, काल एव आधार है। यह विकल्पो को धारण करनेवाला है और क्षेत्रज्ञ कहा जाता है। यही वासना की कल्पना मे अहकार को धारण करता है। निर्दोष एव निश्चय करानेवाला अहंकार ही बुद्धि है। सकल्प रूप धारण करने पर बुद्धि ही मन बन जाती है। घोर विकल्पों मे पड जाने से शनैः-शनैः मन ही इंद्रिय भी बन जाता है। ज्ञानी हाथ-पाव युक्त देह को ही इंद्रिया कहते है। इस प्रकार सकल्प एव वासना की डोर मे लिपटा जीव दु खों के जाल से नीच गति को प्राप्त होता है। शक्तिमान चित्त भयकर अहकार के कारण रेशम के कीडे की तरह स्वय बधन मे पडता है। जजीरो मे बधे सिह के समान 'चित्त' शक्ति अपनी ही कल्पना के पाश मे बध जाता है और विवश हो जाता है। इस आत्मा को ही कही मन, कही बुद्धि, कही ज्ञान, कही क्रिया, कही अहकार, कही चित्त, कही प्रकृति, कही माया, कही मल,

के प्रति उदासीनता आसन है, जगत के मिथ्यापन का ज्ञान प्राणायाम है तथा चित्त का अतर्मुखी होना प्रत्याहार है ।' (16-30)

चित्त की निश्चलता धारणा है । 'मैं वही चिन्मात्र हू' यह भावना ध्यान है । ध्यान को भी भूल जाना समाधि है । अहिसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, अल्प भोजन तथा शुद्धता, ये दस नियम है । तप, संतोष, दान आस्तिकता, आराधना, वेदांत श्रवण, लज्जा, मति एव जप ये व्रत है । स्वस्तिक आदि आसनो का वर्णन इस प्रकार है । दोनो पैरो के तलुओ को दोनों जाघो के बीच में रखकर बैठना स्वस्तिकासन है । पीठ मे बायी ओर दाहिनी तथा दाहिनी ओर बायी एडी को टिकाकर गाय के मुख जैसा गोमुख आसन होता है । एक पांव को दाहिने तथा दूसरे को बाए जाघ पर रखने मे वीरासन बनता है । दाहिनी एवं बायी एडियो को क्रमश गुदा के बायी और दाहिनी तरफ लगाकर बैठने से योगासन बनता है । दोनो जाघो मे दोनों पैरो के तलुओ को लगाकर बैठना पद्मासन है, जो समस्त रोगो एवं विषो का नाशक है । पद्मासन में अच्छी तरह बैठकर दाहिने हाथ से वाएं पैर के तथा बाए हाथ से दाहिने पैर के अगूठे को पकडकर बैठना बद्ध पद्मासन कहा जाता है । (31-40)

'पद्मासन मे बैठकर दोनो हाथो को घुटनो और जाघो के बीच से भूमि मे टिकाकर शरीर को ऊपर उठाना कुक्कुटासन है । कुक्कुटासन मे दोनो भुजाओ से कधो को बाधकर कछुए के समान सीधा बन जाना उत्तान कूर्मासन है । पैरो के अगूठो को पकड़कर पीछे से कानो तक खीचना धनुरासन है । सीवनी को विपरीत ओर से दोनो एडियों से दबाकर दोनो घुटनो तथा हाथो को फैला लेना सिहासन है । अडकोश के नीचे सीवनी के दोनो ओर एडियो को लगाकर हाथो को बाधने पर भद्रासन कहा जाता है । सीवनी के दोनो ओर विपरीत एडियों से दबाकर बैठना मुक्तासन है । हथेलियो को भूमि से लगाकर कुहनियो को नाभि के दोनों ओर टिकाए फिर शरीर को सीधा इसके सहारे शून्य मे उठा लेने पर मयूरासन होता है । बायी जाघ के मूल मे बाए हाथ से दाहिने पैर के अंगूठे को पकडने से मत्स्यासन होता है । बायी एडी को सीवन पर तथा दाहिने पैर को उपस्थ के ऊपर लगाए । इस स्थिति में सीधा बैठने से सिद्धासन बनता है । पैरो को भूमि मे फैलाकर उनके अंगूठो को पकड़ें तथा सिर को घुटनों में रखे, यह पश्चिमोत्तान आसन कहा जाता है ।' (41-50)

' जिस स्थिति में बैठने से सुख और धैर्य मिलता है, उसे सुखासन कहते है । निर्बल लोग इसी का अभ्यास करें । आसनों में प्रवीणता तीनों लोको को जीतने के समान है । यम, नियम तथा आसनो से नाडी शुद्धि के बाद प्राणायाम करे । मानव देह उसकी छियानवे अगुलियो के बराबर होता है । प्राण इससे बारह अगुल अधिक होता है । शरीर की वायु को इसी की अग्नि मे कम या समान करने मे ब्रह्म ज्ञान प्राप्त होता है । देह के मध्य मे तपे सोने के समान त्रिकोण अग्नि है । पशुओं एव पक्षियों में यह अग्नि क्रमश चतुष्कोण तथा गोल होता है । सर्पादि मे छ कोणवाला तथा स्वेदजो मे (जूओ आदि मे) आठ कोणवाला अग्नि होता है । मानव शरीर मे नाभी पर नौ अगुलियों के बराबर दीपक समान प्रकाशवाला एक कद होता है, जो चार अगुल चौडा होता है । पशु-पक्षियो मे यह अडाकार होता है । इसके मध्य में नाभि है । वहा बारह अरोवाले चक्र मे विष्णु आदि की मूर्तिया है । ब्रह्म इस चक्र को अपनी माया से घुमाता है । इन अगो मे जीव जाने से मुक्ती

कहीं कर्म, कही बंधन, कही पुर्यष्टक, कहीं विद्या तथा कही इच्छा कहा गया है। यही समस्त आशामय ससार पाश का निर्माता है, जैसे बिना फल का वट का बीज विशाल वृक्ष को अपने मे धारण करता है, वैसे ही यह भी जगत को धारण करता है। (121-133)

'यह मन चिता की अग्नि में जला हुआ, क्रोध के अजगर द्वारा चबाया हुआ एव कामरूपी समुद्र के भवर मे फसा हुआ अपने पितामह आत्मा को भी भूल गया है। अत· सर्वप्रथम दलदल मे फसे हुए इस हाथी का उद्धार करो। ब्रह्म की कल्पना से असख्य जीव, अनेक भेदो से उत्पन्न हो रहे हैं। जैसे झरने मे जल के छीटे उत्पन्न होते हैं, वैसे ही ये भविष्य मे भी उत्पन्न होते रहेगे। कुछ भाव सैकडो बार उत्पन्न हो चुके है, कुछ दो-तीन बार तथा कुछ प्रथम बार ही जन्म ले रहे हैं। इन्होने अनेको नाम एव रूप धारण किए है। कुछ किन्नर, गधर्व, यक्ष, नाग के रूप मे, कुछ चद्रमा, सूर्य, वरुण आदि रूपो मे, कुछ ब्राह्मण, राजा, वैश्य आदि में, कुछ औषधि, मूल, फल आदि मे, कुछ पर्वत, समुद्र, दिशा आदि-आदि रूपो मे उत्पन्न हुए है। इधर-उधर उछाली जाती हुई गेद के समान, कुछ बार-बार मृत्यु द्वारा प्रताडित हो रहे हैं। अनेको ऊपर उठकर पुन. गिर रहे है। कुछ विवेकी होकर भी अच्छे कर्म न करने से हजारो जन्म लेने पर भी इससे नही छूट रहे है। दिशा एव काल के प्रभाव से तथा आत्मशक्ति से जब यह आत्मतत्त्व शरीर धारण करता है, तब यही वासना से प्रभावित सकल्पो की ओर जानेवाला चपल मन हो जाता है। तब मन शक्ति सकल्पो से तुरत आकाश के समान स्वच्छ भावनावाला तथा शब्द रूपी अकुरित बीजयुक्त हो जाता है। (134-145)

'फिर इसमे सघनता आने से स्पंदन होता है और स्पर्श का अकुर फूट पडता है। दृढ अभ्यास से अब शब्द एव स्पर्श रूप आकाश की उत्पत्ति होती है। इसके वायु के साथ टकराने से अग्नि पैदा होती है। इस तन्मात्र के सहयोग से यह त्रिगुण युक्त हो जाता है। तीनो गुणो के साथ मन पुन तन्मात्रा की इच्छा करता है और शीतल गुण को विचारता हुआ जल का अनुभव करने लगता है। फिर चारो से संयुक्त होकर गध तन्मात्रा युक्त तथा पृथ्वी तत्त्व का अनुभव करता है। पाचो तन्मात्राओं से युक्त होकर सूक्ष्मता को त्याग देता है तथा आकाश मे चिगारियों के समान चमकते हुए शरीर को देखता है। वह शरीर अहकार एव बुद्धि युक्त पुर्यष्टक कहलाता है, जो प्राणियो के हृदय कमल मे घूमनेवाले भवरे के समान है। पकने पर मोटे बने बेलफल के समान सूक्ष्म शरीर तेजस्वी भावना से स्थूल हो जाता है। फिर स्वभाव के अनुसार इसमे ऊपर सिर, नीचे पाव, बगलो मे भुजाए तथा बीच मे उदर के समान हो जाता है अर्थात पूर्ण शरीर प्राप्त हो जाता है। वही यह शरीर बुद्धि, बल, उत्साह, ज्ञान एव ऐश्वर्य से युक्त होकर लोक पितामह ब्रह्मा बन जाता है। (146-157)

'ब्रह्मा त्रिकालदर्शी है। उन्होने अपने सुंदर शरीर को देखकर चिन्मात्र परमाकाश के विषय मे सोचा कि अब इसमे सर्वप्रथम क्या किया जाए? उन्हे आत्मदृष्टि से अतीत की अनेको सृष्टिया दिखाई दी। उन्होने मानसिक सकल्प से अनायास ही अनेक रूप-रगोवाले प्राणियो को पैदा किया। उनके धर्म, अर्थ, काम एव मोक्ष (पुरुषार्थ चतुष्टय) के लिए उन्होने विभिन्न प्रकार के आचार-विचार, शास्त्र, स्वर्ग, नरक आदि बनाए। यह मन ब्रह्म रूप ही है, क्योकि यह कल्पना से ही ससार मे स्थित है, अत. ब्रह्मा के जीवन पर ही इसका जीवन भी है। ब्रह्मा की आयु समाप्त होने पर

के समान घूमता रहता है।' (51-60)

'जीव प्राण पर चढ़कर ही घूमता है। इसके ऊपर नाभि के बगल में कुडली का स्थान है। यह आठ कुडलियों की प्रकृति वाली है और वायु तथा अन्न-जल आदि के सचार को रोकती है। यह ब्रह्म रध्र के मुख को अपने मुख से ढके रखती है। योग काल मे यह वायु एव अग्नि से प्रबुद्ध होकर नाग के समान उज्ज्वल होकर हृदयाकाश में चमकने लगती है। अपान से दो अगुल ऊपर तथा मेद्र से नीचे मानव शरीर का मध्य भाग होता है। चौपायो में तथा अन्य प्राणियो मे यह स्थान क्रमश हृदय तथा नाभि में होता है। अनेक नाडियो से ढकी हुई सुषुम्ना देह में चार प्रकार से सुशोभित है। कद मध्य मे यह कमल नाल के समान ऊपर को जाती है। ब्रह्म विवर मे वैष्णवी ब्रह्मनाडी विद्युत के समान प्रकाशित होकर निर्वाण प्राप्त कराती है। इसके दोनों ओर इडा एव पिंगला है। इडा कद से बायी नासिका तक तथा पिगला दक्षिण नासिका तक है। गाधारी तथा हस्तजिह्वा ये दो नाडिया उनके सामने तथा पीछे से वाम एव दक्षिण आख तक पहुचती है।' (61-70)

'पूषा एव यशस्विनी नाडिया वही से बढकर बाए एव दाहिने कान तक पहुचती है। अलबुषा नाडी नीचे मेद्र के अत तक गई है। कौशिकी नाडी कद से पैर के अगूठे तक है। ये दस मुख्य नाडिया कद से निकली है। इनसे बहत्तर हजार स्थूल एवं सूक्ष्म नाडिया उत्पन्न होती है। इनके अतिरिक्त भी पीपल के पत्ते की शिराओं के समान देह मे असख्य नाड़िया है, जिनकी गणना सभव नही है। नाडियो में प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त तथा धनजय, ये दस वायु चलते है। इनमे प्रथम प्राण आदि मुख्य हैं। प्राण एव अपान सर्वाधिक महत्त्व के है, जो जीव को धारण करते है। मुख, नासिका मध्य, हृदय, नाभिमडल एव पाव का अगूठा प्राण के मुख्य स्थान है। अपान, पायु, उपस्थ, जाघ तथा घुटनों मे, समान सब अगों में तथा उदान हाथो, पैरो एव जोडों मे रहता है।' (71-80)

'व्यान, कान, जांघ, कमर, एडी, कधे तथा गले में रहता है। नाग, कृकर आदि पाच उपवायु अस्थि, त्वचा इत्यादि में रहते है। आमाशय में अन्न, जल, रस आदि को प्राण वायु अलग-अलग करता है और स्वयं पृथक् रहता है। मल-मूत्र त्याग कार्य अपान वायु करता है। प्राण, अपान आदि की चेष्टाए व्यान के सयोग से होती है। उदान इन्हें ऊर्ध्वगामी करता है। समान वायु शरीर का पोषण करता है। डकार आदि नाग के, आखें खोलना, बद करना कूर्म के, भूख लगना कृकर का, निद्रा आदि देवदत्त के तथा मृत देह की शोभा आदि धनजय के कार्य है। नाडियो एव वायुओ के स्थानो और चेष्टाओं को सही रूप मे जानना चाहिए। इस प्रकार से नाडियों के शुद्ध हो जाने पर सब प्रकार की आसक्ति को छोडकर एकात स्थान में योग के साधन जुटाने चाहिए, जब तक दोनो ओर से समानता न हो तब तक लकडी, कुश या कृष्ण मृग के चर्म आदि के आसन में बैठकर रुचि के अनुसार स्वस्तिक आदि आसन लगाकर आसन साधना करनी चाहिए।' (81-90)

'आसन मे शरीर को सीधा रखें। दृष्टि नाक के आगे हो, दात मिले हुए न हो। जिह्वा तालु से लगाकर प्रसन्नचित्त बने। सिर को थोडा सकुचित योग मुद्रा मे हाथो को बाधकर प्राणायाम करे। रेचक, पूरक तथा वायु की शुद्धि करें। वायु को चार प्रकार चलाना प्राणायाम है। दाहिने हाथ से एक छिद्र को दबाकर पिगला से रेचक करे। फिर सोलह मात्राओं में इडा से पूरक तथा चौसठ मात्राओ तक कुभक के बाद बत्तीस मात्राओ मे पिगला से रेचक करें। इस प्रकार बार-बार विपरीत स्वरो से

यह भी समाप्त हो जाता है। वस्तुत. किसी का भी जन्म या मरण नही होता। सभी दृश्य जगत मिथ्या है। यह आशामय सर्पो की पिटारी त्यागने योग्य है। इसे असत मानकर रहना चाहिए। अनेक प्रकार से सजाए हुए या न सजाए हुए इस मायायुक्त जगत को त्यागना ही उचित है। धन, पत्नी आदि सब माया एव दु.ख देनेवाले है। इनकी वृद्धि से किसे सुख मिला ? (158-168)

'अज्ञानियों को जिनसे अनुराग होता है, उनसे ज्ञानी विरक्त रहते हैं। अत जिस वस्तु का अभाव है उसकी इच्छा न करो। जो वस्तु सरलता से प्राप्त हो जाए, उसी को ग्रहण करो। अप्राप्त भोगों को न चाहना तथा प्राप्त का उपभोग करना ही विद्वान का लक्षण है। 'सत' एव 'असत' के बीच शुद्ध पद का ज्ञान एव उसका आश्रय लेकर सभी दृश्यो को त्याग देना ही कर्म है। इच्छा-अनिच्छा को समान माननेवाले ज्ञानी इसमें वैसे ही लिप्त नहीं होते, जैसे कीचड मे उगने पर भी कमल का पत्ता उससे दूर रहता है। यदि तुम्हारे हृदय को इंद्रिय विषय विचलित नही करते, तो तुम नि सदेह जानने योग्य (ज्ञेय) को जानकर भवसागर से पार हो जाओगे। वासनायुक्त पुरुषो के संपर्क मे रहकर भी यदि चित्तवृत्ति को उनसे शीघ्र हटा लिया जाए, तो उच्च पद प्राप्त हो सकता है। ससार सागर वासना-जल से भरा है। ज्ञानी प्रज्ञा की नाव से इससे पार हो गए। माया को जाननेवाले इस जगतव्यवहार को न तो त्यागते है और न अपनाते ही है। विद्वान सकल्प के अकुरित होने को भी चेतन का विषयों की ओर उन्मुख होना ही मानते है। (169-178)

'शनै-शनै सकल्पों के दृढ होने पर चित्त आकाश को ढककर जड़ बना देते है। तब वह चेतन विषयों से स्वय को पृथक मानता हुआ सकल्प रूप मे स्थित हो जाता है। इससे उसकी क्रिया स्वय प्रकट होकर शीघ्र बढने लगती है, किंतु यह क्रिया दु खद होती है। अत· चित्त मे सकल्प-क्रिया को रोको। यदि यह हो भी जाए, तो इसमे पदार्थ-भावना न आने दो। सकल्पो को नष्ट करने के लिए तत्पर लोग उसे क्रियात्मक होने ही नहीं देते। भावना के नष्ट होने पर सकल्प स्वयमेव नष्ट हो जाते है। मन से मन को तथा सकल्प से सकल्प को नष्ट करके आत्मरूप मे स्थित होकर कुछ भी दुष्कर नही है। आकाश के समान ही यह जगत भी शून्य है। जैसे चावल प्राप्त करने एव ताबे की कालिमा दूर करने के लिए कर्म किया जाता है, वैसे ही साथ ही उत्पन्न हुए मन को भी शुद्ध किया जाता है, अत उद्योग करो। (179-186)

षष्ठ अध्याय

'आतरिक आस्था तथा भावो-रूपी सपत्ति को त्यागकर यथार्थरूप मे जगत मे रहो। स्वय को कर्ता न मानते हुए अमृत नामक परम समता ही शेष रहती है। खेद एव उल्लास दोनो को ही स्वकल्पित मानने से समता को धारण करने पर पुनर्जन्म चक्र छूट जाता है। या कर्तव्य को त्यागकर मन को पीकर स्थिर बनो, फिर सर्वस्व का त्यागकर दो। तब चेतन प्रकाश और अधकार दोनों बन जाता है; क्योंकि यही मानसिक सकल्पों का रूप धारण करता है। अत वासनाओ के मूल कारण को त्यागकर व्याकुलता को पास भी न फटकने देनेवाला ही मुक्त है। वह भ्राति से दसों दिशाओ में सब कुछ देखता है। इसके लिए ससार गाय के पद के समान है। आत्मा देह मे अदर-बाहर, ऊपर-नीचे सर्वत्र है, सभी दिशाओं में है तथा विश्व कही भी आत्मा से रहित नही है। (1-10)

अभ्यास करे। कुंभक में देह को घड़े के समान भरें। इससे नाड़ियों में भरकर वायु अच्छी तरह चलने लगते है। हृदय कमल खिल जाता है और उसे परम शुद्ध भगवान के दर्शन होते है। प्रात, दोपहर,सायं तथा मध्य रात्रि में इसी प्रकार अस्सी मात्राओं तक कुंभक का अभ्यास करना चाहिए।' (91-100)

'इस विधि से एक दिन भी प्राणायाम करने से सभी पापो से मुक्ति मिल जाती है,तीन वर्ष तक इसका अभ्यास योगसिद्धि देता है। ऐसा योगी वायु और इंद्रियो को जीत लेता है। वह कम भोजन करनेवाला,कम सोनेवाला तथा तेजस्वी एवं बलवान होता है। उसकी अपमृत्यु नष्ट हो जाती है तथा दीर्घ आयु प्राप्त होती है। प्राणायाम में अधम,तथा उत्तम स्तरों में क्रमश पसीना,कपन तथा भूमि से ऊपर उठ जाना इनके लक्षण हैं। अधम प्राणायाम व्याधि एवं पापों का तथा मध्यम प्राणायाम महाव्याधि,पाप एवं रोगो का नाश करता है। उत्तम प्राणायाम में मल-मूत्र घट जाते है,शरीर हल्का हो जाता है,भोजन कम हो जाता है,इद्रियां एवं बुद्धि तेज हो जाती है तथा तीनों कालो का ज्ञान हो जाता है। पूरक एवं रेचक को त्यागकर जो केवल कुभक ही करने लगता है,उसके लिए तीनो कालो में कुछ भी दुर्लभ नही रह जाता। प्रयत्नशील साधक नाभिकंद में,नासाग्र मे तथा पाव के अंगूठे मे मन से प्राण को धारण करे। इससे योगी सभी रोगों एवं दुखों से मुक्त होता है। नाभिकद मे प्राण को धारण करने से कुक्षि रोग नष्ट होते है,नासाग्र मे धारण करने से शरीर हलका तथा दीर्घायु प्राप्त होता है। ब्राह्म मुहूर्त में जीभ से खीचकर वायु पीने से तीन मास में वाक्सिद्धि प्राप्त होती है। छ मास तक ऐसा करने से महारोगों से छुटकारा मिलता है।' (101-111)

'जो भी अंग रोगवाला हो,उसी में वायु को धारण करने से रोग नष्ट हो जाता है। मन को धारण करने से वायु भी धारण होता है। मन के स्थापन में प्राण साधन है। इंद्रियों को विषयो से हटाकर अपान वायु को ऊपर खीचकर धारण करे और कानों को हाथों से बद रखे इससे मन वश मे होता है। मन के वश में होने पर प्राण वायु भी वश में होकर नासिका में क्रम से आने लगता है। योगियो के नासिका स्वर समान रूप से चलते है। इस प्रकार प्राण वायु के चलने पर वह प्राणो को जीत लेता है। तव वह दिन,रात्रि,पक्ष,मास,अयन आदि को अतर्मुखी होकर जानने लगता है। शरीर के अगूठे आदि अगो मे स्फुरण बंद हो जाने पर अपने जीवन का अत समय समझना चाहिए।' (112-120)

'इन अशुभ सूचक सकेतो को समझकर योगी मोक्ष साधना में लग जाए। जैसे हाथ-पावो के अगूठे में स्फुरण समाप्त हो जाए,उसका जीवन एक वर्ष के भीतर समाप्त हो जाता है। कलाई तथा गुल्फ (टखने) मे स्फुरण बंद हो जाने पर छ. मास में,कोहनी बद हो जाने पर तीन मास में,कुक्षि एव उपस्थ में बंद हो जाने पर एक मास में,नेत्रों में बंद हो जाने पर पद्रह दिन में,जठराग्नि (भूख) के द्वार बंद होने पर दस दिन में तथा ज्योति जुगनू के समान मद पड जाए,तो पाच दिन मे शरीर का अत हो जाता है। जीभ की नोक न दिखाई दे,तो तीन दिन में तथा ज्वाला का दर्शन न हो,तो दो ही दिन में शरीर का अंत समझना चाहिए। इन सबको समझकर अपने कल्याण हेतु जप एव ध्यान मे जुट जाना चाहिए। परमात्मा का ध्यान करते हुए उससे एकत्वपता प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। शरीर के अठारह भागों में धारणा की जाती है। एक स्थान से दूसरे स्थान को खींचना प्रत्याहार कहा जाता है। पैर का अगूठा,जाघ का मध्य भाग,उरु मध्य,गुदा मूल,हृदय,उपस्थ देहमध्य,नाभि,कठ, कोहनी,तालु मूल,नासिका मूल,नेत्र मडल,भ्रू मध्य,ललाट,मस्तक मूल,घुटने का मूल तथा हाथो का मूल,ये इस पच भौतिक शरीर के मर्मस्थल कहे जाते हैं।' (121-132)

जहा मै नही हू,वह स्थान ही नही है,ऐसी कोई वस्तु नही है,जिसमें आत्मा न हो,सब कुछ उसी से युक्त है। अत मैं किस अन्य वस्तु की इच्छा करू ? सब कुछ ब्रह्म ही है,मैं इससे भिन्न नही हू, ऐसी धारणा बनाकर भ्रांति को त्याग दो। ब्रह्म में कल्पनात्मक भाव नही है, इसमे शोक, मोह, वृद्धावस्था,जन्म आदि कुछ भी नही है। सहजता से प्राप्त वस्तु को भोगो,त्याग एव ग्रहण के भाव से रहित बनो। विरक्त चित्तवाला अपने अनुभवों से बताता है कि द्रष्टा की दृष्टि से मिलनेवाले सुखों की अनुभूति आत्मतत्त्व का स्पदन ही है, अत· यही उपासना करने योग्य है। हम 'हैं' और 'नही है' के बीच में स्थित प्रकाश के भी प्रकाशक है। हृदय में स्थित परमात्मा को छोडकर अन्य ईश्वर की उपासना के लिए जाना हाथ मे रखी हुई कौस्तुभ मणि को छोडकर अन्य रत्न की इच्छा करने के समान है। (11-20)

शत्रु रूपी इन इद्रियों के विषयों की ओर दौडने पर विवेक रूपी दड से इन्हें वैसे ही मारें जैसे इंद्र ने वज्र से पर्वतों को नष्ट किया। शरीर भ्रम है, ससार रात्रि का दु स्वप्न है, अत इसका फैलना पवित्रता से परे है। बाल्यकाल में अज्ञान दु.ख देता है, यौवन में वनिताए (स्त्रियो) दु खी करती है तथा आगे स्त्री, पुत्र आदि की चिता रहती है, ऐसा अधम अपना क्या भला करेगा ? 'सत' पर 'असत' चढ़ा हुआ है,रमणीयता को कुरूपता ने दबाया हुआ है तथा सुखों पर दु ख सवार है, अत किसका आश्रय लू। जिनकी पलक के उठने तथा गिरने मात्र से ससार की उत्पत्ति और प्रलय होता है,ऐसे लोग भी यदि नष्ट हो जाते है,तो मेरे जैसों की गिनती ही क्या है ? संसार दु खो की चरम सीमा है,अत इसमे जन्म लेकर सुख कैसे मिलेगा ? मै अच्छी तरह जान गया हू कि मेरी आत्मा को चुरानेवाला यह दुष्ट मन ही है। अत मै इसे मार डालूगा। हेय पदार्थों के लिए खेद तथा उपादेय के लिए आतुरता न दिखाकर तटस्थ रहो,क्योकि ज्ञानियो मे निराशयता,निर्भयता,नित्यता,समता,ज्ञान आदि गुण विद्यमान रहते है। वे वासनारहित होते है। (21-30)

'तुम तृष्णा भीलनी के वासना-जाल में फस गए हो, यह जाल चिता से चारों ओर फैल गया है। अत इसे ज्ञान अस्त्र की धार से काट डालो। वायु द्वारा बादलो के जाल को तहस-नहस करने के समान इसे नष्ट कर दो। वृक्ष के कुल्हाडी के समान मन को मन से काटकर पवित्र पद को प्राप्त करो। उठना, बैठना, चलना आदि सभी स्थितियो को असत मानते हुए इन्हे त्याग दो। दृश्य के आश्रय से चित्त बधन मे पडता है। इसके त्याग से चित्त मोक्ष का अधिकारी बनता है। तब 'न मै हू', और 'न ससार है',इस भावना से स्थिर हो जाओ। आत्मा एवं जगत के बीच तथा स्वय एव दृश्य के बीच स्वय आत्मा को दर्शन रूप मानो। स्वाद्य पदार्थ तथा स्वाद लेनेवाले से इन दोनो के मध्य मे स्वाद का ध्यान करते हुए परम आत्मा से युक्त होकर स्थिर रहो। अवलंबन एव निरालब के मध्य मे स्थिर रहो। रस्सी से बंधा मुक्त हो जाता है,किंतु तृष्णा से बधा नही। अत सकल्पो को छोडकर तृष्णा को त्याग दो। इसे अहं भाव की शून्यता रूपी छुरी से काट डालो और जन्म-मृत्यु के इसी भवसागर से मुक्त होकर परम लोक मे विचरण करो। (31-40)

'मैं इन पदार्थों का हू, ये मेरे जीवन है' तथा 'मै इनके बिना और ये मेरे बिना नही रह सकते', इस भावना को त्यागकर 'मन के साथ मै पदार्थो का या पदार्थ मेरे नही है' ऐसी भावनावाले बनो। वासना को त्याग दो। यही ध्येय है। सर्व समतामयी बुद्धि से वासना का क्षय करके ममतारहित हो

'यम,नियम आदि के द्वारा मन को धारण करना ही धारणा है। इससे मनुष्य भवसागर को पार करने मे समर्थ हो जाता है। घुटनो से पैरो तक पृथ्वी का स्थान है, यह पीतवर्ण, चतुष्कोण तथा वज्र के चिह्न से युक्त कही जाती है। वायु को पांच घड़ी तक धारण करके पृथ्वी का ध्यान करें। घुटनों से कमर तक जल का स्थान है। जल अर्धचद्राकार सफेद तथा रजत चिह्न युक्त है। दस घडी तक सास रोककर जल का ध्यान करे। देह मध्य से कमर तक अग्नि स्थान है, यह जलता हुआ और सिदूरी रग का है। पद्रह घड़ी तक वायु को रोककर इसका ध्यान करना चाहिए। नाभि से नासिका तक वायु का स्थान है। यह वेदी के आकारवाला तथा धुए के रग का है। इसका ध्यान वीस घडी तक कुभक की अवस्था मे करना चाहिए। नासिका से ब्रह्मरंध्र तक आकाश का स्थान है। यह नीले रंग की प्रभाववाला है। प्रयत्नवान साधक कुंभक से आकाश मे वायु को रोककर देह के आकाश अंश में मुकुटधारी चतुर्भुज हरि का ध्यान करके संसार से मुक्ति पाते हैं। जल के अंश मे नारायण का, अग्नि के अंश में प्रद्युम्न का, वायु के अश मे संकर्षण का तथा आकाश के अंश में परमात्मा वासुदेव का स्मरण करना चाहिए। इस अभ्यास से शीघ्र ही परमात्मा का साक्षात्कार होता है। योगासन मे बैठकर हृदय स्थान में हृदय को स्थिर करके नासाग्र (नाक के आगे) दृष्टि जमाए, जिह्वा को तालु से सटाए, दोनो ओर के दातों को सटाएं नही, शरीर को सीधा रखें और शुद्ध आत्मबुद्धि से परमात्मा वासुदेव का चितन करे।' (133-146)

'अपने भीतर इस प्रकार के ध्यान से कैवल्य सिद्धि होती है। कुंभक करते हुए एक प्रहर तक वासुदेव का ध्यान करने से सात जन्मों के पाप नष्ट होते है। नाभि से हृदय तक जागृत अवस्था का स्थान है, स्वप्न का कठ मे, सुषुप्ति का तालु मध्य में, तुरीय का भ्रू मध्य में तथा तुरीयातीत का स्थान, ब्रह्मरध्र मे परमब्रह्म की ओर होता है। जागृत वृत्ति से ब्रह्मरध्र तक तुरीय रहता है तथा इसके बाद वह विष्णु कहा जाता है। तब साधक को करोडों सूर्यों के समान आभावाले सदा उदय ही रहनेवाले विश्वरूप विष्णु का ध्यान करना चाहिए। उस अनेक रूपों, मुखों, भुजाओं, आयुधों एवं वर्णोवाले देव रूप शात विष्णु के ध्यान से योगी की सभी मनोवृत्तिया नष्ट हो जाती है। हृदय कमल के बीच मे चैतन्य ज्योतिरूप, अनश्वर, कदब के समान गोल, तुर्यातीत परस्पर आदिब्रह्म का ध्यान करने से मुक्ति योगी के हाथ में आ जाती है। विश्वरूप देव के स्थूल, सूक्ष्म अथवा जो भी अन्य रूप हैं, उसका हृदय कमल में ध्यान करने से योगी उन्ही के समान बनकर अर्णिमा आदि सिद्धिया सहजता से पा जाता है।' (147-159)

जीवात्मा एवं परमात्मा दोनों के ज्ञान के बाद 'मै ब्रह्म ही हूं' इस अवस्था की प्राप्ति ही समाधि है। उसमे समस्त वृत्तियां नष्ट हो जाती है। इसे प्राप्त करनेवाला योगी पुन इस ससार मे नही आता। योग-तत्त्व के शोधन से इस प्रकार योगी इच्छाहीन चित्त से ईधनरहित अग्नि के समान स्वत शात हो जाता है। मन-प्राणों के परमात्मा मे लीन हो जाने पर उसके लिए कुछ भी ग्रहण करने योग्य नही रह जाता। उसका जीव शुद्ध आत्मा तत्त्व में जल में नमक के समान लय हो जाता है। वह मोहग्रस्त इस संसार को स्वप्न के समान देखता है और निश्चल होकर सुषुप्ति की अवस्था मे रहने लगता है। वह निर्वाण पद को प्राप्त करके कैवल्य को प्राप्त होता है। यही ज्ञान का सार है। (160-165)

□

जाने पर देह की वासना (बंधन) भी त्यागी जा सकती है। अहंकार वासना को छोडकर सरलता से ध्येय का भी त्याग कर देने वाला जीवन्मुक्त कहा होता है। सकल्पो को मूल सहित त्याग करने पर वासनाए शांत हो जाती हैं। ऐसा त्याग करनेवाला ब्रह्म ज्ञाताओ में श्रेष्ठ जीवन्मुक्त ही जाता है। योगी शम (शाति) एवं दम (इद्रिय दमन) से युक्त होता है। अत. वह सुख एवं दु ख मे रत नही होता। इच्छा-अनिच्छा से रहित सुषुप्त के समान आचरण करनेवाला जीवन्मुक्त होता है। वासनारहित पुरुष काम, क्रोध आदि के वश मे नही होता तथा सुख-दु ख को नही मानता। वाह्य विषयों से उत्पन्न तृष्णा बंधन देनेवाली होती है और सब प्रकार के विषय एव वासनाओ से मुक्त तृष्णा मुक्ति प्रदान करती है। (41-51)

'किसी भी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा दु खप्रद होती है। उसे भयंकर शृंखला के समान भय एवं दु ख प्रदान करानेवाली समझे। महात्मा अत 'सत' 'असत' सभी भावो का त्याग करके परम उदार पद को प्राप्त करते है। तव वे शात सागर के समान निश्चल हो जाते है। सज्जनो का निश्चय चार प्रकार का होता है, जो क्रमश इस प्रकार है—'मेरे शरीर की रचना माता-पिता द्वारा हुई', 'मै जगत के भावो से रहित वाल की नोक के समान सूक्ष्म आकारवाला आत्मा हू', 'मै समस्त विश्व के पदार्थो का आत्मा, सर्वरूप एव अनश्वर हूं' तथा 'मेरे सहित यह समस्त विश्व आकाश के समान शून्य है।' इनमे प्रथम निश्चय मे 'बधनकारक तृष्णा तथा अन्य तीनो मे पवित्र तृष्णा है। इन तीन प्रकार के निश्चयों में लगे लोग आत्मतत्त्व में लीन रहनेवाले जीवन्मुक्त होते है। इस धारणा से ये पुन-पुन. विपादों मे नही पडते। (52-60)

'आत्मा के नाम से जाना जानेवाला यह शून्य ही प्रकृति, माया, ब्रह्म, विज्ञान, शिव, ईशान, नित्य तथा आत्मा कहा जाता है। परमात्ममयी अद्वैत (एक) शक्ति ही द्वैत (दो) दिखाई देती है। माया अद्वैत से प्रकट पदार्थों से विश्व का निर्माण करती हुई वढ़ती है। इस प्रपच से दूर रहनेवाले सांसारिकता मे पडकर दु खी नही होते। मुक्त अपने प्राप्त कर्मों को करता हुआ शत्रु-मित्र को समान समझता है। वह इच्छा-अनिच्छा के विषय में न दु.खी होता है, न उनका चितन ही करता है। सभी प्राणियों के आशय को समझकर सवका अभिमत वोलनेवाला विश्व में दु खी नही होता। आतरिक दृष्टि के होते हुए भी वाह्य पदार्थों को देखते रहो। प्रपंच रहित अवस्था मे स्थित पुरुप सभी आतरिक आशाओं के नष्ट होने पर भी वाहरी रूप में सभी आचरण करे। हृदय मे कोई आकुलता न होने पर भी आकुलता जैसी दिखाए। ऐसा व्यक्ति कभी दु खी नही होता। अत अहकार को त्यागकर कलकों से दूर रहो। आकाश के समान निर्मल मन से स्वच्छद विचरण करो। (61-69)

'उदार, शुद्ध आचरणवाला आसक्ति रहित वैराग्य धारण करके वाहर से श्रेष्ठ आचरण करे। 'यह मेरा अपना है' इस प्रकार का विचार कम वुद्धि लोग करते हैं, उदार लोग सपूर्ण विश्व को ही अपना परिवार मानते हैं। भाव-अभाव, जन्म-मरण की इच्छा से रहित जिनमे सभी सकल्प आश्रय लेते हैं, ऐसे ही परमपद में स्थित होना चाहिए। इसी को निर्मल वासी स्थिति कहा गया है। इसमे स्थित साधक सकटों मे विचलित नही होता। वैराग्य, शास्त्र आदि द्वारा सकल्प के नष्ट होने पर मन नष्ट और वशवर्ती हो जाता है। निराशा के वश मे पडा मन विना वैराग्य पूर्णता नही प्राप्त करता। आशा युक्त होने पर यह शरदकाल के स्वच्छ तालाव के समान गगमय हो जाता है। फिर भी मन

72. अद्वयतारक उपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिद पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शाति शांति शाति ।

वह ब्रह्म पूर्ण है और यह जगत भी पूर्ण है । उसी पूर्ण सें इस पूर्ण की उत्पत्ति हुई हैं, अत पूर्ण से पूर्ण को पृथक् कर देने पर भी पूर्ण ही शेष रहता है ।

सन्यासियों, जितेद्रियो तथा शम, दम आदि गुणो से युक्त साधको के लिए अद्वयतारक उपनिषद कहा जा रहा है । आखो को बद या आधी खुली रखकर अतर्दृष्टि से भौहो के ऊपर 'मै चित्त स्वरूप हू' इस भावना से सच्चिदानंद तेज के रूप मे ब्रह्म का ध्यान करने से साधक ब्रह्मरूप हो जाता है । जो गर्भ, जन्म, वृद्धावस्था, मृत्यु आदि सासारिक भयो से तारण करता है, उसे तारक ब्रह्म कहते है । जीव और ईश्वर को मायायुक्त समझकर अन्य सबको 'ऐसा नही ऐसा नही' (नेति-नेति) कहने पर जो शेष रहता है, वही अद्वय ब्रह्म है । उसकी सिद्धि के लिए तीन लक्ष्यो का अनुसधान करना चाहिए । देह मध्य मे पूर्ण चद्रमा के समान आभावाली ब्रह्मनाडी सुषुम्ना है । वह मूलाधार से ब्रह्मरध्र को जाती है । उसके बीच मे करोडो बिजलियो के समान आभावाली कमल नालो के समान सूक्ष्म प्रसिद्ध कुडलिनी है । उसको मन से ही देखकर व्यक्ति सभी पापो के नष्ट होने से मुक्त हो जाता है । ललाट के विशेष मडल में स्फुरित तेज को तारक ब्रह्म से युक्त होकर देखनेवाला सिद्ध बन जाता है । तर्जनियो से दोनो कानो को बद करके सुनाई देनेवाले शब्द मे मन को स्थिर करने पर चक्षुओं के बीच मे अतर्दृष्टि से नीली ज्योति के दर्शन असीम सुख देते है । ऐसा ही दर्शन हृदय मे भी होता है । मुमुक्षु इन अतर्लक्षणो का अभ्यास करे । (1-5)

अतर्लक्षणो के वाद वाह्य लक्षणो का वर्णन है । नासिका के चार, छ , आठ, दस एव बारह अगुल पर क्रमश नीला, कालिमायुक्त, लाल भृगवर्ण एव पीला-सफेदपन लिए आकाश का रग देखनेवाला योगी होता है । चलती दृष्टि से आकाश में ज्योति किरण को देखनेवाला भी योगी होता है । आखों के कोनों में ज्योति किरणों के दर्शन होने पर दृष्टि स्थिर हो जाती है । मस्तक से ऊपर बारह अगुल की दूरी पर ज्योति देखनेवाला अमरता प्राप्त करता है । सिर के ऊपर कही भी आकाश ज्योति के दर्शन करनेवाला योगी होता है । मध्य लक्षण इस प्रकार है कि प्रात विचित्र वर्ण युक्त अखड सूर्यचक्र के समान, अग्नि की ज्वाला के समान तथा इनसे विहीन अतरिक्ष के समान दीखता है, फिर उसी के आकार का बन जाता है । पुन इसके दर्शन करने पर निर्गुण आकाश हो जाता है । चमकते तारे तथा गहन अधकार से युक्त परमाकाश होता है । महाकाश कालाग्नि के समान प्रकाशमान होता है । सबसे उत्कृष्ट परम प्रकाशमय तत्वाकाश होता है । सूर्याकाश करोडो सूर्य के समान प्रकाशित होता है । इस प्रकार बाहर और भीतर ये पाच तारक आकाश होते है । इस

इस प्रकार उसे शुभ-अशुभ एव प्रिय-अप्रिय छूते भी नही है। वह राहु द्वारा न ग्रसा हुआ होने पर भी ग्रसे हुए सूर्य के समान संसार में रहता हुआ भी इससे मुक्त होता है। वह साप की केचुल के समान देह को अपने से पृथक् समझता है। पानी में बहाई जाती हुई लकडियो के समान ही वह काल आने तक सासें लेता रहता है। जैसे भाग्य शरीर का उपयोग करता है, वैसे ही वह भी लक्ष्य-अलक्ष्य को त्यागकर स्थित हो जाता है। ऐसा श्रेष्ठ ब्रह्मवेत्ता साक्षात शिव बन जाते है। वह जीवित रहते हुए भी मुक्त होकर कृतार्थ हो जाता है। वेश त्यागने पर पुन· अपने रूप में आए हुए नट के समान वह भी देह को त्यागकर ब्रह्म में मिल जाता है। घड़े के टूटने पर शून्य में मिल जाने के समान वह ब्रह्म मे मिलकर ब्रह्म ही बन जाता है। आत्मज्ञान से अविद्या के नष्ट हो जाने पर ब्रह्म भाव के बाद योगी दूध-में-दूध, तेल-में-तेल तथा जल में जल के समान ब्रह्म में मिल जाता है। तब उसका पुनर्जन्म नही होता। माया उसका स्पर्श नही कर सकती। रस्सी से साप का भ्रम दूर होने पर रस्सी ही शेष रहने के समान उसके लिए भी 'असत्' दूर होकर केवल सत् ही शेष रहता है। ब्रह्म की आवृत्ति नही होती, यदि ऐसा हो, तो वह ब्रह्म नही होता है। आत्मा को बधन या मोक्ष नही होते। उस कलाहीन, क्रियाहीन, शात आदि गुणों वाले ब्रह्म में आकाश के भेदों की तरह कल्पना नही हो सकती। सत्य तो यह है कि ब्रह्म जन्मा, अजन्मा, बद्ध, साधक, मुमुक्षु या मुक्त कुछ भी नही है। (15-31)

□

देखनेवाला मुक्त तथा इन्ही के समान हो जाता है। इस तारक का लक्ष्य ही अमनस्कता रूपी फल को देता है। पूर्वार्ध एवं उत्तरार्ध, यह दो प्रकार का तारक योग होता है। इनमें पूर्व को तारक तथा उत्तर को अमनस्क कहते है। (6-8)

आखो के भीतर सूर्य और चद्रमा का प्रतिफलन होता है। आंख के तारों से सूर्य-चद्रमडल एव ब्रह्मांड के समान अपने सिर रूपी ब्रह्माड में इनका निश्चय कर दर्शन करना चाहिए। दोनों को एक मानकर इनका मन से ध्यान करना चाहिए। यदि मन को इस भाव से नही जोड़ा जाएगा, तो इद्रियां अपने विषयो मे प्रवृत्त होने लगेंगी अत: अतर्दृष्टि से तारक का ही अनुसधान करना चाहिए। तारक मूर्त और अमूर्त दो प्रकार का होता है। इद्रियों के अतवाला मूर्त और भौंहो से वाहरवाला अमूर्त तारक है। सर्वत्र अत· पदार्थों के विवेचन मे मन को जोडने का अभ्यास करना चाहिए। सत्त्व दर्शनयुक्त मन से अत मे देखने से सच्चिदानंद स्वरूप ब्रह्म ही दिखाई देता है। अत. उसे मन के साथ चक्षुओ की अतर्दृष्टि से देखो। इसी प्रकार अमूर्त तारक का ज्ञान भी होता है। यदि रूपो को ग्रहण करने मे मन आंखों के अधीन रहता है तो दोनों मिलकर वाहर के समान ही अदर के रूपों को भी ग्रहण कर लेते हैं। अत मन के साथ ही आंखों द्वारा तारक ब्रह्म का भी प्रकाशन होता है। (9-10)

तारक योगी का उद्देश्य भ्रूमध्य के ऊपर तेज का दर्शन करना है। उसके साथ मुक्त मन से तारक को जोड़कर प्रयत्न करके दोनो भौहों को कुछ ऊपर करें। यह तारक योग का पहला भाग है। दूसरे भाग में अमूर्त को अमनस्क कहा जाता है। तालु के ऊपरी भाग मे महाज्योति की किरणे है। इसका ध्यान करने से योगी अणिमा आदि सिद्धियो को प्राप्त करता है। अत. तथा वाह्य लक्ष्यो को देखनेवाली दृष्टि के स्थिर होने पर शाभवी मुद्रा बनती है। इस मुद्रा से योगी अपने निवास की भूमि को पवित्र करता है और उसकी दृष्टि से सारे लोक पवित्र हो जाते है। इस प्रकार योगी की जो भी पूजा करता है, वह मुक्त हो जाता है। यह अतर्लक्ष्य ज्योति जलती हुई स्वरूपवाली है। परम गुरु के उपदेश से सहस्रदल कमल में यह ज्योति या बुद्धि गुहा स्थित ज्योति अथवा सोलह कला के अत मे स्थित तुरीय चैतन्य अतर्लक्ष्य होता है। यह सदाचार मूल दर्शन है। (11-13)

आचार्य वेदसंपन्न, विष्णुभक्त, मात्सर्यहीन, योगज्ञाता, योगनिष्ठ, योगात्मक पवित्र, गुरु का भक्त तथा परमात्मा को विशेष रूप से जाननेवाला, इस प्रकार के लक्षणो से सपन्न व्यक्ति ही गुरु कहा जाता है। 'गु' का अर्थ अधकार तथा 'रु' का अर्थ अंधकार का नाशक है। अत अज्ञान के अधकार का नाश करनेवाला ही गुरु है। गुरु ही परमब्रह्म, परमगति, परमविद्या, सबसे वडा घर, परमस्थिति तथा परमधन है। उपदेशक होने से वह महान से भी महान है। इसका एक बार उच्चारण करने से भी ससार से मुक्ति मिलती है, सभी जन्मो के पाप तत्क्षण नष्ट हो जाते है, वह सभी कामनाओं को प्राप्त करता है तथा सभी पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम एव मोक्ष) की सिद्धि होती है। इसे जाननेवाला भी ऐसा ही हो जाता है। (14-19)

□

जनेऊ हस ही है। इस प्रकार जनेऊ के तागे ब्रह्म-यज्ञ ही हैं। यज्ञोपवीत एव ब्रह्म एक-दूसरे के पूरक है। मात्राएं इसके अग है। मनो यज्ञ का हंस यही सूत्र है। यह ब्रह्म यज्ञमय सूत्र (जनेऊ) प्रणव ही है। प्रणव के भीतर रहनेवाला हंस ही ब्रह्मसूत्र (जनेऊ) है। अत· यह ब्रह्मयज्ञ मोक्ष का साधन है। मानसिक यज्ञ क्रिया ब्रह्म संध्या है। संध्या क्रिया मनोयज्ञ का लक्षण है। जो यज्ञ-सूत्र प्रणव और ब्रह्म यज्ञ की क्रिया मे लगा है, वही ब्राह्मण है। ब्रह्मचर्य द्वारा ही देवता विचरण करते हैं। हस और प्रणव एक ही हैं।' (11-19)

'हस की प्रार्थना तीनों कालों में होती है। तीन काल तीन वर्ष होते हैं। यह तीन अग्नियो से होता है। त्रि-अग्नि आत्मा स्वरूप ओंकार हस के अनुसधान का यज्ञ है। 'चित्त' से तन्मय होना तुरीय स्वरूप है। आतरिक सूर्य में हस की ज्योति रूप है। यज्ञ का अग ब्रह्म-सपत्ति है। अत· ब्रह्म-प्राप्ति हेतु प्रणव हस की साधना मुख्य है।' बालखिल्य ने पुनः पूछा, 'हस सूत्र (जनेऊ) की सख्या कितनी है ? और प्रमाण (लबाई) क्या है ?' उत्तर मिला—'हृदय सूर्य की छियानवे किरणे है। चित्त सूत्र नाक से निकलनेवाले प्रणव की धारा भी इतनी ही है। बाए हाथ के पास कमर में दाहिने ओर से बीच में परमात्मा हस की रहने की जगह है। यह गोपनीय विषय है। इसका ज्ञाता केवल अमृतत्व प्राप्त व्यक्ति ही होता है, वे ही इस सर्वकाल प्रकाशक हस को जानते हे। प्रणव हस के ध्यान के बिना मुक्ति नही होती (20-26)।

'जो रगा हुआ नौ सूत्रीय जनेऊ पहनता है, उसको सब ब्रह्म समझकर उपासना करते हैं। मनुष्यों को भीतरी सूर्य का ज्ञान नही है। सूर्य को प्रकाश देनेवाला समझकर ही शुद्ध ज्ञान हेतु विद्वान उसकी पूजा करते है। वाजपेय यज्ञ पशुपति का रूप है। उसके देवता इद्र हैं, अहिसा परम धर्म है। परम हंस अध्वर्यु है, परमात्मा पशुपति देवता है। ब्रह्मवेत्ता उपनिषदों के ब्रह्म के उपासक हैं। इस महायज्ञ का ज्ञान ही अश्वमेध है। इसकी आज्ञा से ही वे ब्रह्मचर्य का आचरण करते हैं। यहा कहे गए सभी यज्ञ मुक्ति देनेवाले है।' बालखिल्य बोले, 'ब्रह्म का ज्ञान हो गया है।' इतना कहते ही ब्रह्मा अतर्ध्यान हो गए। उपनिषदो में वर्णित हसज्योति रुद्र है। वही प्राणियो का स्वामी और तारक ब्रह्म है। (27-32)

उत्तरकांड

'हस का जप ही वर्ण ब्रह्म है। यही ब्रह्म को प्राप्त करनेवाला है। परमात्मा और पुरुष भी यही है। जो आत्मज्ञान से ब्रह्ममय हो जाता है उसके विषय में कुछ भी कहने को नही रह जाता। उनका समय ब्रह्मज्ञान की चर्चा में व्यतीत होता है। हंस और आत्मा के एक हो जाने पर उनके लिए आत्मतत्त्व सब कुछ हो जाता है। भीतर होनेवाले नाद से ज्ञात प्रणव रूपी हस ही सब ज्ञान करानेवाला है। भीतरी अनुभव से बाह्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। शति आत्मक शिव चिन्मय आनद से ज्ञात होता है। नाद, बिदु एव कला, इन तीन नेत्रों से ही विश्व चेष्टावान है। तीन अगो, तीन शिखाओं और दो या तीन आकृतियों से उसका ज्ञान होता है। इस प्रकार अतर्गूढ (अतर्धान) हो जाने पर आत्मा का ज्ञान बाह्य रूप मे भी होने लगता है। सूत्ररूप ब्रह्म को जानना चाहिए। हस रूप प्रणव (सूर्य) का ध्यान करना चाहिए। इसी ज्ञान से ज्ञान की चरम सीमा प्राप्त होती है। स्वत शिव

73. पाशुपत ब्रह्मोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्रं कर्णेभ्यः श्रृणुयाम. देवा भद्रं पश्येमाताक्षिर्भियर्यजत्रा. ।
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवां सस्तनूभिर्व्यशेम देंवहित यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति न. पूषा विश्ववेदा.
स्वस्ति नर्स्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि. स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शांतिः शातिः शांति ।

हम कानों से कल्याणमय शब्द सुने और नेत्रो से कल्याणमय दृश्य देखे । स्वस्थ अगो से तुम्हारी स्तुति करें । देवताओं द्वारा दी हुई आयु का उपभोग करें । यशस्वी इद्र, सर्वस्व ज्ञाता पूषा, अमंगल नाशक गरुड़ तथा बृहस्पति हमारा कल्याण करे । तीनों तापों की शाति हो ।

पूर्वकांड

ब्रह्मा जी के मन में सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा हुई । तव कामेश्वर (रुद्र) और वैश्रवण (कुवेर) की उत्पत्ति हुई । एक बार कुबेर एव बालखिल्य ने ब्रह्मा से पूछा, 'जगत विद्या क्या है ? जागृत एव तुरीय अवस्था के देवता कौन है ? ये किसके वश में है ? काल का क्या कारण है ? सूर्य, चद्र आदि ग्रह किसकी आज्ञा से प्रकाशित होते है ? आकाश का स्वरूप किसकी महिमा है ? हम इन बातो को जानना चाहते है । आपके अतिरिक्त इसका उत्तर कौन दे सकता है ? कृपया इसे वताइए ।' इस पर ब्रह्मा बोले, 'समस्त जगतों की विद्या मातृका विद्या है । यह दो वर्ण (हस)वाली भी है, तीन वर्ण (ओम = अ + उ + म्) वाली भी है तथा दोनों वस्तुत. एक ही हैं । चार मात्राओंवाला 'ओम' मेरा ही रूप है । तीनों लोकों का मै ही स्वामी हूं । सारे युग भी मेरे ही अधीन है । दिन, रात आदि काल मुझसे ही जन्मे हैं । रवि, चंद्र आदि ग्रहों का तेज मेरा ही रूप है । आकाश मेरी ही तीन शक्तियोंवाली माया का रूप है; मुझसे भिन्न नही । रुद्र, विष्णु एव ब्रह्मा क्रमश. तमोगुण रूप माया, सत्त्व गुण रूप माया एव रजोगुण रूप माया हैं । इद्र आदि सभी तमोगुण एव रजोगुण दोनों से युक्त है, कोई भी सात्त्विक नही है । एक अघोर शिव ही साधारण स्वरूप है । (110)

'रुद् ही समस्त यज्ञों के कर्ता और देवता है, विष्णु अध्वर्यु हैं, इद्र 'होता' (हवन कर्ता) है । महेश्वर का मानस रूप ब्रह्मा ही यज्ञ का भोग करनेवाला है । मनुष्य ब्रह्मा का ही रूप है । 'हस सोऽहम' इसका तन्मयता से प्राप्त करने के लिए अनुसधान करनेवाला विकारमय जीव है । हस परमात्मा का स्वरूप है । वह अंदर-वाहर विचरण करता रहता है । अदर जाने मे अनवकाश मे वह हस सुपर्ण, अर्थात् ईश्वर होता है । छियानवे ततुओं के रूप मे व्यक्त चित्त के तीन रूपो मे व्यक्त 'चिन्मय', नौ तत्वों मे तिगुना हो जाता है । ब्रह्मा, विष्णु, महेश रूपी तीन अग्नियो से सयुक्त और चित्त ग्रथियों से वधा, अद्वैत ग्रथियुक्त है । यह यज्ञ के वाह्य और भीतर को प्रकाशित करनेवाला

प्राणियों का स्वामी और साक्षी है। उसी की प्रेरणा से प्राण, वाणी, मन आदि अपने कार्य करते है। ये सब कार्य माया के कारण है; न कि वास्तविक रूप में। (1-10)

'कान, आंख, मन आदि सभी आत्मा पर आश्रित हैं। शिव ही इनमे प्रविष्ट होकर इनको सुनने, देखने, मनन करने आदि की शक्ति देते हैं। इसी प्रकार शिव सभी इंद्रियों को चेष्टासहित बनाते है। वह शिव, लोग उन्हे जैसा बताते है या इंद्रियां जिस रूप में उनकी कल्पना करती हैं, उससे सर्वथा भिन्न है। वही समस्त इंद्रियो को बनानेवाले है, अत ये सब उनके ज्योति रूप को प्राप्त नही कर सकती। परमात्मा को अंतःकरण के विषयों से भिन्न मानकर उसे बिना तर्क या प्रमाण के अपने आत्मा में खोजनेवाला ही उसका ज्ञान प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक आत्मा ही परम ज्योति है। माया महान अंधकार है। अत इन दोनो की एकता संभव नही है। तर्कों, प्रमाणों या अपने अनुभव से ज्ञान होता स्वय प्रकाश परमात्मा माया से मुक्त है। व्यावहारिक दृष्टि से ही विद्या एव अविद्या का अस्तित्व है, परमात्मा से इनका कोई सबंध नही है। तत्त्वतः तो विद्या एव अविद्या दोनो ही झूठ है, केवल परमात्मा ही सत्य है। व्यावहारिक दृष्टि से भी ऐसा ही आभास होता है। अत परमात्मा अद्वैत (केवल एक) है। (11-20)

'अत सब एक प्रकाश ही है। उसके विषय में कुछ भी नही कहा जा सकता, मौन ही उचित है। यह महाज्ञान जिसे प्राप्त हो जाता है, वह न तो जीव रहता है, न ब्रह्म ही और न कुछ अन्य ही। इसके लिए वर्ण-आश्रम, धर्म-अधर्म, नियम-निषेध कुछ भी नही रह जाता, सर्वत्र ब्रह्म ही प्रकाशमान रहता है। उसे दु.ख आदि का आभास बिल्कुल भी नही होता। इस जीवमय ससार को देखते हुए भी उसे ब्रह्म ही दिखाई पड़ता है। भेद-अभेद आदि भी परमात्मा से ही व्याप्त है, क्योंकि वही सदा से विद्यमान है तथा वस्तु-अवस्तु सब ब्रह्म ही है। ऐसे ज्ञानवाला किसी का भी ग्रहण या त्याग नही कर सकता। वह ब्रह्म उपमारहित है, मन, वाणी या दृष्टि उस तक नही पहुच सकते, वह गोत्र, रूप, नेत्र, हाथ, पांव आदि से रहित है, वह नित्य, विभु, सर्वगत, सूक्ष्म, अव्यय और अमर है तथा वही सबका स्थान एवं आश्रय है। उसके आगे-पीछे, दाएं-बाए सर्वत्र केवल ब्रह्मानद ही है। (21-30)

इस प्रकार के ज्ञान से युक्त पुरुष निर्भय होकर अपने अदर ही सबको देखता है और मुक्त हो जाता है। इस ज्ञान मे अज्ञानी भी मुक्ति प्राप्त करते हैं। यह परा विद्या सत्य, तप, ब्रह्मचर्य, धर्म आदि के साथ वेदांत के ज्ञान से प्राप्त होती है। अपने शरीर में ही दोषों के नष्ट होने पर परमात्मा के दर्शन होते हैं, माया से घिरे लोग इसे नही देख सकते। जिस योगी को इस स्वरूप का ज्ञान हो जाता है, वह पूर्ण हो जाता है और पुनर्जन्म से मुक्त हो जाता है। आकाश की तरह सर्वव्यापक हो जाने पर अपने स्वरूप का ज्ञाता कही भी नही जाता। न खाने योग्य पदार्थों को त्यागने मे हृदय की शुद्धि के बाद चित्त स्वयं विशुद्ध हो जाता है। तब क्रमश ज्ञान के बाद अज्ञान नष्ट हो जाता है और आत्मज्ञानी हो जाने पर अभक्ष्य (न खाने योग्य) का भी कोई बधन नही रहता, क्योंकि उसके लिए भेद-भाव नष्ट हो जाता है। अत. वह खाद्य को भी अपना ही स्वरूप समझता है। वह सभी को ब्रह्ममय और स्वय मे ही देखता है। अत ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि (जात-पात) की भावना को भी वह खा जाता है। वह ब्रह्म का ही रूप हो जाता है। अत उसके लिए समस्त विश्व भोज्य बन जाता है। (31-40)

जगत को अपना रूप अनुभव करने पर वह उसका तथा ब्रह्म सदा इस साधक का भक्षण कर ले

59. पंचब्रह्मोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥

परमात्मा हम दोनों (गुरु एव शिष्य) की एक साथ रक्षा करें, एक साथ हमें उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम द्वेष न करे।

'आरंभ मे क्या उत्पन्न हुआ ?' शालक के यह पूछने पर पिप्पलादि ने कहा, 'सद्योजात ब्रह्म'। शालक द्वारा इसके अन्य भेद पूछे जाने पर केवल 'अघोर' और 'वामदेव' ये दो भेद बताए। 'क्या इतने ही भेद है ?' यह पूछे जाने पर पिप्पलादि ने तत्पुरुष एव ईशान-दो भेद और बताए। ईशान सभी देवताओ का प्रेरक, भूत, भविष्य तथा शासक है। इसके कितने भेद है ? वर्ण है ? यह सब अयोग्य व्यक्तियो को नही बताना चाहिए। इस महादेव को नमस्कार हो। सद्योजात ससार की परम गोपनीय वस्तु है। यह सभी सिद्धियां देता है। यही पूषा, त्रिवृत्त सभी स्वर, ऋग्वेद, गार्हपत्य अग्नि, मंत्र संगीत के सातों स्वर, पीला वर्ण तथा क्रिया, शक्ति है। अघोर, जल, चद्र, गौ, सामवेद, नारदाभास स्वर, ये सब दक्षिणाग्नि के रूप है। पचास वर्णो सहित उनकी इच्छा तथा क्रियाशील रूपी अपनी विकल्प शक्ति से रक्षा करनेवाला अघोर सभी पापो-दुष्टो का नाश करके ऐश्वर्य देनेवाला है। (1-9)

वामदेव ज्ञान देनेवाला, अग्निरूपी, विद्या के प्रकाश से युक्त, करोडो सूर्यों के समान प्रकाशमान है। यह प्रसन्न, सामवेद स्वरूप आठ आकाशों से युक्त, धीर स्वरो के अधीन, श्रेष्ठ आह्वान करने योग्य ज्ञान एवं संहार, इन दो शक्तियोंवाला, शुक्ल वर्ण का, तमोगुण मिश्रित, पूर्ण ज्ञान करानेवाला, तीनों लोकों को शासित करनेवाला तथा इनसे युक्त है। लोगों को कर्मफल तथा सौभाग्य देनेवाला यह उनके हृदय के अष्टदल कमल में रहता है। 'सत्पुरुष' ब्रह्म वायुमडल से आवृत्त, पांच अग्नियोंवाला मंत्र शक्तियों का नियामक, पचास वर्णों के स्वरूपवाला, अथर्ववेद रूप, करोड़ों लोकों का स्वामी, ब्रह्मांडों के शरीरवाला, लाल रंग का, कामना पूरी करनेवाला, सभी रोगो की औषधि, सर्वशक्तिमान, सृष्टि, स्थिति एवं प्रलय का कारण तीन अवस्थाओं से भिन्न तथा ब्रह्मा आदि देवों द्वारा सेवित तुरीय ब्रह्म है। ईशान परम प्रेरक तथा बुद्धि का साक्षी है। यह आकाश स्वरूप 'ओम' से विभूषित, सर्वदेवमय, शांत, स्वरों से बाहर, अकार आदि स्वरों का पति, पाच कार्यों का शासक, पांच ब्रह्ममय, इसका निष्कर्ष, अपनी आत्मा में स्थित, अपनी माया से सभी वैभवों को अपने में रखने वाला तथा आदि-मध्य-अंतहीन स्वयं प्रकाशित है। (10-23)

देवता भी माया के कारण जगदगुरु, भगवान शंकर को नही जानते, उनके सामने कोई भी नही ठहरता। जो विश्व को प्रकाशित तथा लय करता है, 'मैं वही ब्रह्म हूं'। वही सद्योजात ब्रह्म है, ऐसा देखा-सुना जाता है। वह पचात्मक एवं पांचों में स्थित है। 'मैं वही पचब्रह्म हूं', ऐसे ज्ञान से ब्रह्म

है। जिसके आभास से यह जगत भोज्य रूप बन जाता है, उस आत्म रूप का ज्ञान होने पर वह नि सदेह ब्रह्म द्वारा खाया जाता है। अतः सब उसी का स्वरूप होने से ब्रह्म अपना ही भक्षण करता है। अस्तित्त्व ही सत्ता है। ब्रह्म के सिवा किसी की सत्ता नही है। माया वस्तुत है ही नही। योगी इसकी कल्पना अपनी आत्मा में करते हैं। उनके ब्रह्मज्ञान से विवश हो जाने पर वह उन्हे साक्षी रूप में देखती है। ब्रह्मज्ञान से सपन्न ज्ञानी जगत को देखता हुआ भी, नही देखता, अर्थात् वह उसे अपने से अभिन्न देखता है। (41-46)

□

समाधि मे पहुचकर अमृत प्राप्त करते हैं। जैसे लकडियों को घिसने पर ही उनमे छिपी अग्नि प्रकट होती है, वैसे ही सतत अभ्यास से ही ज्ञान का दीपक प्रकाशित होता है। जैसे घडे मे रखा हुआ दीपक घडे को तोड देने पर ही बाहर प्रकाश कर सकता है वैसे ही शरीर रूपी घडे को गुरु के वाक्यो से भेदकर ब्रह्म-ज्ञान का प्रकाश प्रकट होता है। भवसागर से पार करनेवाला गुरु ही है। अभ्यास तथा श्रेष्ठ वासना शक्ति से ही भवसागर पार होते है। वाणी परा मे अकुरित, पश्यती में दो पत्तोवाली, मध्यमा में कली के समान तथा वैखरी मे खिल जाती है। इस क्रम से विपरीत प्रकार से इसका लय होता है। (12-20)

जो व्यक्ति स्वय को वाणी का बोध करानेवाला हो तथा परमदेव मानकर व्यवहार करनेवाले व्यक्ति से कोई चाहे अच्छे या नीच शब्द भी कहे, तो उसे इससे कोई प्रभाव नही होता। विश्व तैजस एवं प्राज्ञ, ये पिड के भेद है। विराट, हिरण्यागर्भ एव ईश्वर, ब्रह्माड के तथा भूः, भुव एव स्व ये तीन लोको के भेद हैं। ये अपनी उपाधि के लय होने पर प्रत्यगात्मा मे मिल जाते है। ज्ञान की अग्नि से तपने पर ब्रह्माड भी अपने कारण में मिल जाता है। परमात्मा मे मिलकर यह ब्रह्मरूप ही हो जाता है और इसमे इतनी गभीरता आ जाती है कि तब न तो इसे प्रकाश कहा जा सकता है, न अंधकार। तब 'सत' रूप अव्यक्त ही शेष रह जाता है। घडे के अदर दीपक के समान ही अतःकरण मे भी एक धुए से रहित ज्योति है। इसी मे कूटस्थ अव्यय का ध्यान करे। आत्मा मूलरूप मे विशुद्ध ज्ञानवान होता है, किंतु शरीर मे आने पर माया के कारण यह जागृत, स्वप्न एव सुषुप्ति अवस्था पाकर मोहित हो जाता है। कई जन्मो के सत्कर्म से इसे विकारो को जानने की इच्छा होती है। तब वह सोचता है 'मैं कौन हू ? यहा यह ससार कैसे आया ? जागृत-स्वप्न अवस्थाओ मे मै स्वय को कर्ता समझता हू, किंतु सुषुप्ति मे मेरी क्या गति होगी ?' इस प्रकार चितन करता हुआ वह अपने स्वरूप पर विचार करता है। (21-29)

चिदाभास से अज्ञान अग्नि मे रूई के ढेर की तरह जलने लगता है। सासारिक ज्ञान के मिटने पर प्रत्यगात्मा इस प्रकार विज्ञान को ही नष्ट कर देता है। मनोमय एव विज्ञानमय के सही मिलन से आत्मा अंत मे प्रकाशित होता है। ऐसे आत्मा का मृत्यु तक ध्यान करनेवाला ज्ञानी जीवन मुक्त होता है और धन्य हो जाता है। अत मे वह विदेह मुक्त बन जाता है। हवा का चलना बद होने के समान ही उसका अत होता है। अत मे शेष रहनेवाला ब्रह्म शब्द रूप आदि से रहित पचभूतो से परे, नित्य, अव्यय, आदि-अंतहीन, अटल, शुद्ध तथा विकार रहित है। (30-35)

□

74. प्राण अग्निहोत्रोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै॥

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः।

परमात्मा हमारी—गुरु-शिष्य की—एक साथ रक्षा एवं पालन करे। हम साथ ही वीरता दिखाएं और परस्पर द्वेष न करे। तीनो ताप शांत हों।

सभी उपनिषदो के निष्कर्ष के समान यह शरीर यज्ञ है। इसको जान लेने पर विना अग्निहोत्र और बिना सांख्य ज्ञान ही ससार से निवृत्ति हो जाती है। सर्वप्रथम अपनी परपरा के अनुसार पृथ्वी में बनी वेदी में अन्न रखकर 'या ओषधय' तीन मंत्रों तथा 'अन्न पते' इन दो मत्रो से उसे अभिमत्रित करे। (1-2)

प्रथम तीन ऋचाएं (मंत्र) इस प्रकार है—जो सोम देवता प्रधान है, सैकड़ों प्रकार से विचक्षण है, जो अनेक शाखाओंवाली बृहस्पति से उत्पन्न औषधिया है, ये सब हमें निष्पाप करे। जो फलनेवाली हैं या न फलनेवाली है, पुष्पोंवाली है या विना पुष्पवाली हैं, वे हमारी रक्षा करे। जीवन देनेवाली, जिसकी आयु नष्ट हो गई है उसकी भी रक्षा करनेवाली औषधियां हमारी रक्षा करें। इनके बाद अन्य दो मंत्र इस प्रकार है—हे ब्रह्म, तुम अन्नपति हो, मनुष्यों एवं पशुओं को अन्न देते हो। यह अन्न पिशाच आदि द्वारा प्रभावित भी हो, तो तुम इससे हमें अभय करना। मै ईशान शिव को आहुति देता हूं। वह चारों ओर को मुखोवाला ब्रह्म प्राणियों की गुहा में रहता है। हे ब्रह्म, तुम्हीं यज्ञ, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, वषट्, जल, ज्योति, रस, अमृत, भू भुव. स्व हो, तुम्हें मेरा नमस्कार हो। जल, पृथ्वी, वृहस्पति एवं ब्रह्म मुझे पवित्र करे। यह भोजन जूठन आदि से दूषित हो या मैं दुश्चरित्र हू, तो इसे ग्रहण करनेवाले मुझे पवित्र करें। मै यह आहुति देता हू। प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान एव ब्रह्म को आहुति देता हूं। मेरा आत्मा ब्रह्म में अमृतत्व प्राप्त करे (यह सब पूजा-पाठ आदि के मत्र है, जो योगी के भोजन के प्रसंग में यहां आए हैं)। (6-10)

कनिष्ठिका एवं अंगूठे से प्राण को, अनामिका से अपान को, मध्यमा से व्यान को, सभी अंगुलियो से उदान को तथा तर्जनी से समान को आहुति दे। मौन होकर एक आहुति प्राण को तथा दो आहुतियां अपान को (आह्वनीय अग्नि में) दे, दो आहुतिया दक्षिणाग्नि में, एक गार्हपत्य अग्नि में तथा एक प्रायश्चित्त रूप अग्नि में दे। अपिधान स्वरूप को अमाता के लिए छूकर ग्रहण करके पुन. स्पर्श करे। बाए हाथ में जल लेकर हृदय के पास इस प्रकार जप करे—प्राण ही अग्नि है, परमात्मा है तथा पाच वायु से ढका हुआ है। यह सभी प्राणियों से मुझे अभय करे। मुझे कोई भय न हो। हे प्राण ! तुम विश्व हो, वैश्वानर हो तथा इस उत्पन्न जगत को धारण करनेवाले हो। तुम्हारे लिए यह विश्व आहुति रूप है। तुरीयावस्था में यह विलीन हो जाता है। (7-15)

76. ध्यानविंदु उपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शांति. शांतिः शांतिः।

परमात्मा हम दोनो की रक्षा करे तथा एक साथ ही हमे भोग प्रदान करे। हम दोनो एक साथ वीरता के कार्य करे, और परस्पर द्वेष न करें। तीनों ताप शांत हो जाएं।

पर्वतों के समान योजनों तक फैले पापों को भी ध्यान योग ही नष्ट कर सकता है, दूसरा कोई नही है। बीजाक्षर परम विदु के ऊपर नाद है, जिसके अक्षर में लय होने पर शब्दहीन परम पद ही रहता है। अनाहत से भी भिन्न शब्द की प्राप्ति से योगी मोक्ष पाता है। वाल के दो लाखवें भाग का भी क्षय हो जाने पर वह परमात्मा वन जाता है। जैसे फूलों, दूध, तिल और पाषाणों मे क्रमश सुगध, घी, तेल और सोना होता है तथा जैसे माला में मोती पिरोए होते हैं, वैसे ही प्राणी अविचल परमात्मा में व्याप्त है। अत अविचल ज्ञानी ब्रह्म को जानकर उसी में स्थित होता है। परमात्मा भी तिलो मे तेल इत्यादि के समान शरीर में सर्वत्र स्थित है। जैसे सारे वृक्ष को जान लेने पर छाया का अस्तित्व मालूम हो जाता है, उसी प्रकार कलारहित स्थान में परमात्मा रहता है। मुमुक्षु ओंकार एकाक्षर ब्रह्म का ध्यान करते है। ओम के प्रथम अक्षर 'अ' में पृथ्वी, अग्नि, ऋग्वेद, भू तथा ब्रह्मा लय होते है। 'उ' में अतरिक्ष, यजुर्वेद, वायु, भुव. एव विष्णु का लय होता है। (1-10)

'म' मे द्युलोक, सूर्य, सामवेद, 'स्व' तथा महेश का लय होता है। 'अ' रजोगुणी पीले रग का, 'उ' सात्त्विक एवं सफेद तथा 'म' काले रंगवाला तमोगुणी है। यह ओंकार चार पावोंवाला, आठ अंगोंवाला, तीन नेत्रों तथा पाच देवताओंवाला है। ओंकार को न जाननेवाला ब्राह्मण नही माना जाता। प्रणव (ओम्) धनुष, आत्मा तीर और ब्रह्म लक्ष्य है। सावधानी से लक्ष्य को वेधने पर ब्रह्म-ज्ञान से सभी कर्मों से मुक्ति मिल जाती है। देवता, स्वर तथा तीनों लोको के सभी चराचर प्राणी ओंकार से ही उत्पन्न हुए। इसकी ह्रम्व मात्रा पापों को हरती है और दीर्घ मात्रा सपत्तिया देती है। अर्धमात्रा से युक्त ओंकार मोक्ष देता है। प्रणव के अगले भाग मे लगातार गिरती तेल की धारा और घटे के शब्द समान नाद को जाननेवाला ही वेदों को जानता है। हृदय कमल की कणिका में दीपक के समान अगूठे के वरावर अचल ओंकार का ध्यान करें और वायु को पेट में भरकर शरीर के बीच में लपटोंवाले ओंकार का चिंतन करे। पूरक, कुभक और रेचक क्रमश ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र है, अत ये तीनों प्राणायाम के देवता है। (11-21)

आत्मा एव ओंकार को क्रमश नीचे एव ऊपर की अरणी (यज्ञ की लकडी जिसमे आग जलाई जाती है) मानकर मथन करके ब्रह्म का दर्शन करें। ओंकार के ध्यान के वाद रेचक मे नाद का लय होता है, इसे अपनी सामर्थ्य के अनुसार करे। सासों मे स्थित तथा स्वय सासो से शून्य करो तो सूर्य

तुम पाव के अगुष्ठ के आगे प्रतिष्ठित हो और प्रतिपल नए-नए रूप ' 'रण करते हो। इस भोजन के अत में अमृतत्व प्राप्ति के लिए मैं तेरा अभिषेक करता हूं। ये सब चेष्टाए हैं। अत. बाहरी आत्मा का ध्यान करे। यह प्रतिदिन प्राणरूप अग्निहोत्र करता है। इसका सभी पुत्र के समान पालन करते हैं। तू ही मेरी आहुतियों का होम करता है। शरीर में ही यज्ञ की कल्पना की जाती है। इसमें चार अग्निया हैं। ये अत्यंत सूक्ष्म हैं। अर्धमात्रावाली हैं। इनमें सूर्याग्नि सूर्यमडल की आकृति का तेज किरणोंवाला है, जो सिर में रहता है। दर्शनाग्नि चार मुखवाले आहवनीय रूप में होकर मुख में स्थित है। शरीराग्नि शरीर को क्षीण करता है और स्थूल प्रपच हवि ग्रहण करता है। यह अर्धचद्र समान दक्षिणाग्नि बनकर हृदय में निवास करता है। कोष्ठाग्नि खाए-पिए को पचाकर गार्हपत्य के रूप में नाभि में स्थित है। चित्त उपाधि स्वरूप के नीचे जागृत आदि तीन अवस्थाओं को प्रकाशित करनेवाला चद्रमारूप प्रभु सबकी उत्पत्ति का कारण है। (16-20)

यह शरीर यज्ञ यूप (खभा) के समान शोभावाला है। इस यज्ञ का यजमान कौन है ? पत्नी कौन है ? सदस्य, यज्ञपात्र, हवि, वेदी, कलश, रथ, पशु, अध्वर्यु, ब्रह्मा, प्रतिस्थापक, प्रस्तोता, मित्रावरुण, उद्गाता, पवन करनेवाला, कुश, स्रुवा, थाली आधार, इत्यादि (यज्ञ के उपकरण या भाग लेनेवाले) कौन या क्या हैं ? इसका यजमान साधक का आत्मा है, पत्नी बुद्धि है, वेद ऋत्विज हैं, अहकार अध्वर्यु है, चित्त 'होता' है, प्राण ब्रह्मा है, अपान, व्यान, उदान एव समान क्रमश. प्रतिष्ठाता, प्रस्तोता, उद्गाता एव मित्रवरुण हैं। शरीर, नाक, सिर, पैर, दाहिना हाथ, बाया हाथ, कान, आख, गर्दन, तन्मात्राए, पचभूत, जीभ, दात तथा तालु क्रमश· वेदी, अंतर्वेदी, दोना-कलश, रथ, स्रुवा, घी का पात्र, आधार, प्रोक्षणपात्र, घी, धारा, पवन करनेवाला, सदस्य, प्रयाज-अनुयाज, इड़ा, सूक्त वाक तथा शयोर्वाक है। स्मृति-दया-अहिंसा, ओम, आशा, मन, कामः काल, ज्ञानेंद्रिया, कर्मेंद्रिया, अहिंसा, त्याग और मृत्यु क्रमशः पत्नी संयाज, यज्ञस्तभ, रशना, रथ, पशु कुशाए, यज्ञपत्र, हवि, इष्टिकाए, दक्षिणा और अवभृथ स्नान हैं। सभी देवता इस प्रकार शरीर यज्ञ करनेवाले के शरीर में रहते हैं और मृत्यु पर वह स्वर्ग जाता है। किसी का देहात काशी में हो या इसके पढने से ही ब्रह्म को जाननेवाला इसी जन्म से मोक्ष पाता है। (21-22)

□

के समान तेजस्वी सबके हृदय में रहनेवाले हंस ओंकार के दर्शनों से साधक पापमुक्त होता है। सृष्टि, स्थिति एव प्रलय के कारण मन का जहां लय होता है, वही विष्णु का परमपद है। बत्तीस केसरोंवाले अष्टदल कमल के बीच में सूर्य, चद्र और अग्नि हैं। चंद्रमा के बीच में अग्नि तथा अग्नि में प्रभा है। प्रभा में अनेक रत्नों का पीठ है, जिसमें विष्णु हैं, जो श्रीवत्स, कौस्तुभ आदि मणियों से सुशोभित हैं। शुद्ध स्फटिक एवं करोडों चंद्रों के समान महाविष्णु का विनम्रता से ध्यान करें। नाभि में अलसी फूल के समान विष्णु का पूरक करते हुए ध्यान करें। (22-30)

कुभक में हृदय स्थान में कमल पर बैठे लालिमायुक्त गोरे चार मुखवाले ब्रह्मा का ध्यान करें और रेचक में ललाट पर शुद्ध स्फटिक समान निष्कल पाप-नाशक तीन नेत्रोंवाले शिव का ध्यान करें। नीचे फूल तथा ऊपर नालवाले नीचे मुह किए हुए केले के फूल के समान शिव सभी वेदों से युक्त हैं। सौ अरों, सौ पत्तों और फैली हुई पंखुडियोंवाले हृदयकमल में एक के ऊपर एक सूर्य, चद्र और अग्नि के दर्शन करें। कमल के विकसित होने पर सूर्य, चद्र और अग्नि के योग से उनके बीज को ग्रहण करने से स्थिर आत्मशक्ति की प्राप्ति होती है। तीन-तीन स्थान-मार्ग, त्रिमात्रा, अधर, मात्रा, अर्धमात्रा एव वायु को जाननेवाला वेदों को जानता है। तेल की धार एव घंटे के शब्द जैसे प्रणव के अग्रभाग के नाद को जाननेवाला वेदों को जानता है। कमल की नाल से जल खींचने के समान वायु को खीचकर योगी स्थिर बने। अर्धमात्रावाले कमलकोश को नाल से खींचकर भ्रूमध्य में लय करें। भ्रूमध्य (भौंहो के बीच) ललाट और नासिका मूल को अमृत एव ब्रह्म का घर समझना चाहिए। (31-40)

आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एव समाधि, योग के छ· अग हैं। जितनी योनियां है, उतने ही आसन भी हैं। इतने अधिक आसनों को केवल महेश्वर ही जानते हैं। सिद्ध, भद्र, सिंह एवं पद्म, ये चार मुख्य आसन हैं। आधार पहला तथा स्वाधिष्ठान दूसरा चक्र है। इन दोनों के बीच में कामरूप योनि स्थान है। गुदा में आधार चक्र में चार दलोंवाला कमल है। इसके मध्य में कामाख्या योनि है, जिसकी सिद्ध वदना करते हैं। योनि के बीच में पश्चिम को मुह वाला लिंग है। इसके माथे की मणि को वेदवेत्ता जानते हैं। तपे सोने और विद्युत लेखा जैसे चमकते अग्नि स्थान से चार अंगुल ऊपर तथा मेद्र के नीचे शब्द युक्त प्राण है, स्वाधिष्ठान इसके आश्रय में है। अत. मेद्र को ही स्वाधिष्ठान चक्र कहते हैं। यह मणि के समान ततुओं (रेशों) और वायु से बने आकार का है। उस नाभिमडल को मणिपूरक कहा जाता है। बारह अरोंवाले महाचक्र में पाप-पुण्य से नियंत्रित जीव तब तक घूमता रहता है, जब तक उसे ज्ञान नही होता। मेद्र से ऊपर और नाभि से नीचे पक्षी के अडे के समान कद से बहत्तर हजार नाडिया निकलती हैं। इनमें बहत्तर नाड़िया मुख्य हैं। (41-51)

बहत्तर नाडियों में भी प्राणों को धारण करनेवाली दस नाड़िया हैं। इनके नाम क्रमशः इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, गाधारी, हस्तजिह्वा, पूषा, यशस्विनी, अलवुषा, कुहू और शखिनी हैं। इस नाड़ी-चक्र से योनियों को जानना चाहिए। इड़ा, पिंगला एवं सुषुम्ना वायीं, दाहिनी तथा मध्य में (दोनों स्वरों के चलने पर) हैं। चंद्रमा, सूर्य और अग्नि क्रमश· इनके देवता हैं। प्राण सदा इन्ही में चलता है। प्राण, अपान, उदान, समान एव व्यान, ये पांच प्राण कहलाते हैं तथा नाग, कूर्म, कृकर,

75. योग कुंडलिनी उपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सहनौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

ॐ शांति. शांति. शांतिः।

परमात्मा हम दोनों गुरु-शिष्य की एक साथ रक्षा करे, एक साथ हमें उपभोग प्रदान करे। हम दोनों एक साथ पराक्रम के कार्य करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो। हम विद्वेष न करे। तीनों ताप शांत हों।

प्रथम अध्याय

चित्त की चंचलता के दो कारण हैं—वासना तथा वायु (मांस)। इनमें एक के नष्ट होने पर (वश में होने पर) दूसरा स्वत नष्ट (वश में) हो जाता है। अत. पहले वायु (प्राण) को वश में करना चाहिए। इसके लिए मिताहार (कम भोजन), आसन और शक्तिचालन करना चाहिए। यहां इनके लक्षण बताए जा रहे हैं। मधुर एवं स्निग्ध भोजन करते हुए एक चौथाई पेट को खाली रखना चाहिए। ईश्वर के उद्देश्य से किया गया भोजन ही कल्याणकारक है। पद्मासन एव वज्र आसन, दो मुख्य आसन हैं। दोनों तलुओं को एक-दूसरे पैर में रखने से पद्मासन वनता है, जो सभी पापों को नष्ट करनेवाला है। वायी एड़ी को कंद के नीचे और दाहिनी को ऊपर रखने पर सिर सहित शरीर को तना रखने से वज्रासन होता है। कुंडलिनी मुख्य शक्ति है। इसे साधक द्वारा भ्रूमध्य में ले जाना ही शक्ति-चालन है। इसे चलाने के दो उपाय है, सरस्वती-चालन तथा प्राणायाम। अभ्यास से लिपटी हुई कुंडली सीधी हो जाती है। सरस्वती को अरुंधती भी कहते हैं। सरस्वती के चालन मे कुडलिनी स्वयं चलने लगती है। इसके लिए इड़ा स्वर (वाया) चलने पर पद्मासन लगाकर वैठें। (1-10)

तव वारह अंगुल लंवे और चार अंगुल चौड़े आकाश के (कल्पित) टुकड़े कुडलिनी को लपेटें। फिर एक-एक नाक को वद करके दूसरे से पूरक और पहले से रेचक पुन-पुन करें। इस प्रकार मुहूर्त भर तक सरस्वती का चालन करते रहें। तव कुडलिनी के समीप रहनेवाली सुषुम्ना को कुछ ऊपर खींचें। इस प्रकार कुंडलिनी सुषुम्ना के मुख में चढ़ने लगती है तथा प्राण भी इस स्थान को छोड़कर स्वयं सुषुम्ना में चलने लगता है। पेट को ऊपर खींचकर कठ को सिकोडने से सरस्वती को चलाने के कारण वायु वक्षस्थल के ऊपर चला जाता है। सरस्वती-चालन में सूर्य (दाहिने) से रेचक करें और कंठ को सिकोडें। इससे वायु वक्षस्थल के ऊपर चला जाता है। ऐसे ही शब्दगर्भा सरस्वती को नित्य चलाना चाहिए। इससे योगी समस्त रोगों से मुक्त हो जाता है। गुल्म, जलोदर, प्लीहा तथा उदर-रोग शक्ति-चालन से निश्चित ही नष्ट हो जाते हैं। शरीर में चलनेवाला वायु प्राण कहलाता है। इसे रोकना कुंभक है। यह दो प्रकार का है—सहित कुभक तथा केवल कुभक। केवल कुभक की सिद्धि तक सहित कुभक का अभ्याम करना चाहिए। (11-20)

देवदत्त एव धनंजय, ये पांच वायु है। जीव के समान ये हजारों नाडियां है। जीव, प्राण और अपान से सदा ऊपर-नीचे जाता रहता है। एक हाथ से दूसरे में फेंकी जाती हुई गेद के समान दाहिने-बाए मार्ग से चलनेवाला जीव चंचलता से दिखाई नही देता। प्राण अपान को खीचता है तथा अपान प्राण को, इस तरह खीचा जाता हुआ जीव आराम नही पाता। (52-60)

इस प्रकार डोर से बंधे पक्षी के समान ऊपर-नीचे खीचे जाते हुए इस प्राण को जाननेवाला ही योग ज्ञाता है। 'ह' अक्षर से यह बाहर आता है तथा 'स' से अदर जाता है, अत जीव सदा 'हस-हस' मत्र जपता है। एक दिन रात्रि मे यह जपसंख्या इक्कीस हजार छ सौ होती है, जिसे मोक्षदायिनी अजपा गायत्री कहते हैं। इसके सकल्प से ही मनुष्य पापहीन हो जाता है। इसके समान कोई विद्या, जप या पुण्य नही है। इससे बिना कठिनाई के ब्रह्म स्थान मिलता है। परमेश्वरी उस स्थान को मुह से ढककर सोती है। वह वह्नियोग से जागृत होती है, तब सुषुम्ना मे प्राण और मन सहित ऊपर जाती है, जैसे सुई तागे को ऊपर ले जाती है। जैसे चाबी से ताला खुलता है, वैसे ही कुडलिनी से मोक्ष द्वार खुलता है। पद्मासन में हाथो को सपुटित करके ठोडी से वक्षस्थल को दृढता से दबाए, ब्रह्म का ध्यान करते हुए अपान को ऊपर तथा प्राण को नीचे खीचे। इस प्रक्रिया से साधक कुडलिनी का प्रभाव अनुभव करता है। पद्मासन मे वायु को नाडियों मे भरकर कुभक करनेवाला योगी अवश्य मुक्ति प्राप्त करता है। (61-70)

इस अभ्यास में निकले पसीने का मालिश कर लें। कड़वा, खट्टा तथा नमकीन त्यागकर दूध ही पिएं। ऐसा योगी वर्ष-भर में ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है। कुडलिनी के कद से ऊपर रहने पर सिद्धि मिलती है। प्राण-अपान की एकता से मूलबध पर योगी का मल-मूत्र घट जाता है तथा वृद्ध भी युवक हो जाता है। एड़ी से गुदा को दबाकर सिकोडकर अपान को ऊपर खीचना ही मूलबध है। जैसे गरुड़ बिना थके लंबी उड़ान भरता है उसी प्रकार उदर को पश्चिम की ओर (नाभि की ओर) ऊपर को तानने पर उड्डीयाण बंध होता है। यह मृत्युरूप हाथी के लिए सिंह जैसा है। इसमें सिर के जल को ऊपर ही रोक देने से गले के कष्ट दूर हो जाते हैं। अमृत अग्नि मे नही गिरता। जीभ को लौटाकर कपाल कुहर में ले जाए, दृष्टि भ्रूमध्य में रखें। इसे खेचरी मुद्रा कहते है। यह रोग, मृत्यु, नीद, भूख एवं प्यास को जीत लेती है। (71-80)

खेचरी का ज्ञाता मूर्च्छा तथा रोगों से मुक्त होकर कर्मों में लिप्त नही होता और उसे मृत्यु नही बाध सकती। जिसका चित्त इसमें लगा रहता है, जिह्वा आकाश की ओर जाती है, उसे सिद्ध नमस्कार करते हैं। इस मुद्रा से जिह्वा ऊपर से विवर को ढक लेती है, अत कामिनी के आलिगन मे भी उसका वीर्य क्षय नही होता है, जब तक वीर्य शरीर में रहता है तब तक मृत्यु भय नही होता तथा जब तक यह मुद्रा रहती है, तब तक वीर्य शरीर मे ही रहता है। वीर्य क्षरित होकर योनि मडल मे भी चला जाए, तो योनि-मुद्रा से उसे बलात् ऊपर लाया जाता है। वीर्य सफेद एव लाल दो प्रकार के कणोंवाला होता है, जो क्रमश शुक्ल एवं महारज कहे जाते है। मूगे के समान रज योनि स्थान में तथा शुक्रल चद्र स्थान में रहता है। इन दोनो का मिलन अत्यत कठिन है। शुक्रल शिव और चद्रमा तथा रज शक्ति और सूर्य रूप है। इन दोनों के मिलन मे ही परम शरीर मिलता है। वायु मे शक्ति चालन द्वारा रज आकाश में सूर्य से मिलकर शरीर को दिव्य बनाता है। शुक्रल चद्रमा मे और रज सूर्य से मिला हुआ (सयुक्त) है। (81-90)

सूर्यभेद, उज्जायी, शीतली तथा भस्त्री, इन चार प्रकार के प्राणायामों के साथ कुभक किया जाता है। पवित्र, निर्जन, कंकड़ आदि रहित समतल भूमि में किसी सुखदायक आसन में पद्मासन लगाकर बैठे और सरस्वती चालन करें। दाहिने ओर से पर्याप्त पूरक करें और इड़ा से रेचक करे। कपाल-शोधन क्रिया में भी धीरे से रेचक करें। इससे चारों प्रकार के वात एवं कृमिदोष नष्ट होते हैं। यह सूर्यभेदन है, जिसका बार-बार अभ्यास करना चाहिए। अब मुख बद करके दोनों नाकों से धीरे-धीरे पूरक करें, जिससे शब्द करता हुआ वायु कंठ से हृदय तक भर जाए। तब इससे पहले के समान सूर्य से पूरक तथा इडा से रेचक करें। इससे माथे की गर्मी, गले का कफ नष्ट होकर शरीर की उष्णता बढ़ती है। साथ ही नाड़ी रोग, जलोदर एव धातुरोग भी ठीक हो जाते हैं। इस उज्जायी कुभक को चलते-फिरते या रुककर सदा करते रहना चाहिए। शीतली, प्राणायाम में वायु को जीभ से खीचकर पहले के समान कुभक करें, फिर नासिका से रेचक करे। (21-30)

इससे गुल्म, प्लीहा, क्षय, पित्त, ज्वर, तृषा, विष आदि रोग-दोष नष्ट होते हैं। भस्त्री प्राणायाम में पद्मासन में गर्दन एवं उदर को सीधे रखें। मुख को बंद करके सावधानी से नाक से रेचक करें। फिर वेग से इस प्रकार वायु खीचें कि कठ, तालु, कपाल एव हृदय को उसका स्पर्श लगे। रेचक करके फिर वेग से लोहार की धौंकनी की तरह पूरक करें। शरीर में स्थित वायु को सावधानी से चलाएं। थकान होने पर सूर्य नाडी से पूरक करके तर्जनी के अतिरिक्त अगुलियों से नासिका को बीच में जोर से पकड़कर कुभक करें तथा बायी नाक से रेचक करें। यह अभ्यास गले की जलन एव शरीर की शीतलता को दूर करता है। कुडलिनी को जगाता है, पाप-दु ख नष्ट करके सुख और आनद देता है। यह सुषुम्ना के मुख के कफ को नष्ट करके तीनों गुणों की ग्रथियों को काटता है। अत इस भस्त्री का विशेष अभ्यास करना चाहिए। इन चारों प्राणायामों के साथ योगी को तीन बधों को भी करना चाहिए। (31-40)

मूलबंध, उड्डीयाण बध एव जालंधर बध, ये तीन बध हैं। नीचे को गतिवाले अपान को गुदा को संकुचित करते हुए ऊपर ले जाना मूलबध है। ऊपर जाने पर यह अग्नि-मडल से मिलता है और अग्नि को तीव्र कर देता है। इससे सुप्त कुडलिनी जागृत हो जाती है तथा डंडे से आहत सांपिन के समान फुफकारती हुई सीधी हो जाती है। तब यह सुषुम्ना रूपी बिल में घुस जाती है। अत: योगी सदा मूलबध का अभ्यास करें। कुभक के तथा रेचक के बीच में उड्डीयाण बध किया जाता है। इसमे वज्रासन लगाकर हाथों से दृढता से पैरों को पकड़ें। टखने से कंद को दबाए। हृदय एवं गले को तना हुआ रखकर पेट को ऊपर को खीचें। इससे प्राण वायु पेट के जोड़ों में जाता है, जो समस्त उदर-दोषों को दूर करता है। अत इसका सदा अभ्यास करना चाहिए। (41-50)

जालधर बध में वायु को रोकने के लिए कंठ को सकुचित किया जाता है, अत. इसे पूरक के अत में करें। नीचे के भाग में मूलबध से गुदा को संकुचित करें। मध्य में उड्डीयाण से प्राण को खीचे। इस प्रकार सभी ओर से रोका हुआ प्राण सुषुम्ना में चढता है। पूर्वोक्त प्रकार से आसन में बैठकर सरस्वती को चलाकर प्राणों को रोकना चाहिए। प्रथम दिन चारों कुंभक दस-दस बार करें, दूसरे दिन पद्रह-पद्रह बार, तीसरे दिन बीस-बीस बार करें; अर्थात पाच-पाच कुभक प्रतिदिन बढ़ाते जाएं। इनका अभ्यास तीनों बधों के साथ करें। दिन की नीद, रात्रि जागरण, अधिक मैथुन, अधिक

इनकी एकरूपता को जाननेवाला योगवेत्ता है। मलों की शुद्धि के लिए सूर्य एव चद्रमा का सयोग कराया जाता है। रसों को सुखाने के लिए महामुद्रा है। ठोडी से वक्ष को तथा वायीं एडी से योनि स्थान को दबाए, फैले हुए दाहिने पैर को पकडकर दोनो बगलों को दबाए और सास भरकर धीरे-धीरे रेचक करे। यह पापनाशक महामुद्रा कही जाती है। (91-93)

आत्मा की व्याख्या की जाती है। हृदय स्थान के अष्ट दल कमल में गोल रेखा के रूप में ज्योतिरूपी अणु जैसा जीवात्मा रहता है। उसी मे सब प्रतिष्ठित है, वही सब कुछ जानता या करता है। वही सोचता है, 'मै कर्ता, भोक्ता, सुखी, दु खी, काना, गजा आदि हू।' इस कमल की पूर्वी पखुडी सफेद है, जिसमें रहने से मति भक्ति-धर्म मे होती है। अग्निकोण के लाल दल में रहने से निद्रा-आलस्य मे मति जाती है, दक्षिणी काले दल से द्वेष-कोप आदि मे, नीले रग के नैरऋत दल से पाप-हिसा आदि मे, स्फटिक समान पश्चिमी दल से क्रीड़ा-विनोद आदि मे, वायव्य दल मणि जैसा है, इसमे जाने से वैराग्य में, पीले रग के उत्तरी दल से मुख, शगार आदि में, वैदूर्य के समान ईशान दल से दान-दया आदि मे मति होती है। सधियो मे जाने से वात, पित्त आदि रोग, मध्य मे जाने से ज्ञान होता है, गाता है, नाचता है आदि-आदि, नेत्रों में थकान होने पर यहां प्रथम रेखा में डुबकी लगाकर निद्रा हो जाती है। यह रेखा बधूक फूल के समान है। निद्रा में स्वप्नावस्था होती है। स्वप्न मे देखी, सुनी कल्पनाओ से थक जाने पर यह (जीव) दूसरी रेखा में डुबकी लगाता है, जिमका रग वीर बहूटी जैसा है तब सुषुप्ति अवस्था मे बुद्धि ईश्वर से सबध रखकर ज्ञानरूप होती है। इसी से बाद मे परमात्मा की प्राप्ति होती है। कमल पराग के समान अन्य रेखा मे डुबकी लगाने पर तुरीय अवस्था होती है। इसमे बुद्धि परमात्मा से सबध रखकर बोधरूप होती है। यहा पर साधक सबसे अलग होकर धैर्य से मन को आत्मा मे स्थिर करे। अन्य चितन छोड दे। इस पर प्राण-अपान को एक करके समस्त विश्व को अपना ही रूप समझे और उसी का लक्ष्य रखे। बाद मे तुरीयातीत अवस्था मे समस्त द्वद्व-भाव मिट जाता है और पूर्वजन्म के फलो को भोगने तक ही जीव शरीर मे रहता है। यही मोक्ष का तथा आत्मदर्शन का मार्ग है। वह परमात्मा से मिल जाता है। तब चारो भागो से युक्त महाद्वार में जानेवाले वायु के साथ स्थित होकर अर्ध त्रिकोण में अच्युत परमात्मा दिखाई देता है। (94)

पूर्वोक्त त्रिकोण स्थान के ऊपर पाच रगो के पृथ्वी आदि पाच तत्त्व ध्यान करने योग्य है। बीज, वर्ण एव स्थान सहित पाच वायुओ का ध्यान करे। वायु रूप प्राण का बीज 'य' नीले बादल जैसा है। 'र' अग्निरूपी अपान का बीज सूर्य जैसा, 'ल' व्यान का पृथ्वी रूप बीज बधूक पुष्प जैसा, 'व' उदान का जीव रूप बीज शख जैसा तथा 'ह' 'समान' का आकाशरूप बीज स्फटिक जैसे रग का है। हृदय, नाभि, नाक, कान और पैर का अगूठा 'समान' वायु के स्थान है। यह बहत्तर हजार नाडियो तथा शरीर के रोयों (रोमों) मे भरा हुआ है। समान प्राण एक जीव ही है। चित्त को आस्वस्त करके पूरक, कुभक एव रेचक तीनो करे। धीरे-धीरे वायु को खीचकर हृदय कमल के कोटर मे (भीतर) प्राण एव अपान को रोककर 'ओम' का उच्चारण करे। कठ एवं लिग को सिकोडकर मूलाधार से कमल नाल के समान निकलनेवाली सुषुम्ना को सिकोडे। वीणा के समान नाद प्रतीत होता है, जिसके बीच मे शख ध्वनि जैसी होती है। कपाल कुहर के बीच मे चारो द्वारो का केद्र है।

चलना, मल-मूत्र रोकना, आसन की विषमता आदि दोषों से युक्त अभ्यास करने पर शीघ्र रोग होते हैं। यदि कोई कहे कि उसे इस अभ्यास से ही रोग हुआ, तो समझें कि अभ्यास को रोकना ही प्रथम विघ्न है। संशय, लापरवाही, आलस्य, अधिक सोना, प्रसन्न न रहना, भ्राति, विषमता, बिना कहा तथा योग तत्त्व का न मिलना क्रमश दूसरा, तीसरा आदि विघ्न हैं। बुद्धिमान इन सबको समझकर इनका अभ्यास से पूर्व ही त्याग कर दे। (51-61)

प्राणायाम का अभ्यास सदा सात्त्विक बुद्धि से करना चाहिए। इससे चित्त सुषुम्ना मे दौडता है तथा वायु नही दौड़ता। मल शोधन के बाद जब प्राण चलने लगे, तो सावधानी से अपान की गति ऊपर को करनी चाहिए। गुदा का संकुचन मूलबंध है। इसमें अपान ऊपर अग्नि से मिलकर सुप्त कुंडलिनी को जागृत करता है। तब वह सीधी होकर सुषुम्ना के मुख में प्रविष्ट हो जाती है। रजोगुण से उत्पन्न ब्रह्मग्रंथि को भेदकर यह सुषुम्ना के भीतर विद्युत रेखा समान बढती है। शीघ्र ही हदय स्थित विष्णु ग्रंथि को प्राप्त कर पुन· ऊपर जाकर रुद्र ग्रथि में पहुचती है। यहा से भ्रूमध्य को भेदकर चंद्र स्थान मे पहुंचती है। वहां सोलह दलोंवाला अनाहत चक्र है। यहा यह चद्रमा से उत्पन्न द्रव को सोख लेती है तथा सूर्य प्राण के वेग से रक्त एवं पित्त को ग्रहण कर लेता है। (62-70)

चद्र-मंडल में द्रव का शोषण करने के बाद यह उसे उष्ण कर देती है और चद्रमा के सफेद रग को भी तपा देती है। स्वयं क्षुब्ध होकर ऊपर चढ़ती है। इसके प्रभाव से अभी तक बाहरी पदार्थों मे लगा चित्त परमार्थ में लगकर आनंदित होता है। तब आठ प्रकार की प्रकृति को प्राप्त कर यह कुंडलिनी शिव से मिलकर उसमें लीन हो जाती है। इसके नीचे का भाग रज तथा ऊपरी भाग शुक्ल मिलकर शिव में लीन हो जाते हैं और प्राण-अपान भी उसी मे लीन हो जाते है, क्योंकि ये दोनों एक साथ उत्पन्न होते हैं। यह भौतिक शरीर चाहे बड़ा हो या छोटा, उष्णता बढने पर वह इसमे वैसे ही सब जगह फैल जाती है, जैसे गर्म किए जाने पर सोने में फैलाव आ जाता है। इसके प्रभाव से भौतिक देह दैविक बनकर निर्मल सूक्ष्म शरीर समान बन जाता है, जडता त्यागकर चैतन्य स्वरूप बन जाता है, जबकि अन्य शरीर जड़ ही रह जाते हैं। ऐसे साधक का जन्म-चक्र छूट जाता है, काल भी उससे विवश हो जाता है तथा उसे स्वरूप का सच्चा ज्ञान हो जाता है। रस्सी में सर्पभ्रम, सीप मे चांदी का भ्रम तथा स्त्री में पुरुष के भ्रम के समान वह अपने शरीर के भ्रम को भी समझ जाता है कि यह मिथ्या है। (71-80)

वह इस पिंड और ब्रह्म की तथा लिंगदेह और सूत्र आत्मा की एकता होने पर अपने आत्मा तथा स्वयं प्रकाश चिदात्मा में भी एकता समझने लगता है। कुडलिनी कमल की नाल के समान होती है, यह कमल के कंद के समान ही मूलकंद को फन के अगले भाग के समान देखकर अपनी पूंछ को मुंह में लिए सोती है। यह ब्रह्मरध्र के मुह को ढक देती है। पद्मासन में गुदा को सकुचित करते हुए कुंभक में वायु को ऊपर चढाएं। वायु की शक्ति से स्वाधिष्ठान चक्र की अग्नि को तीव्र करें। इस पर अग्नि एवं वायु दोनों के आघातों से सोई हुई कुडलिनी जागती है। तब यह ब्रह्म, विष्णु एवं रुद्रग्रंथियों को तथा षटचक्र को भेदती हुई सहस्त्र दलोंवाले कमल में जा पहुचती है। वहा शक्तिरूप में शिव से मिलकर आनंद प्राप्त करती है। यही अवस्था परम अवस्था है, जो मोक्ष देनेवाली है। (8-87)

वहां आकाश रंध्र से जाता हुआ नाद मोर की आवाज जैसा होता है। आकाश के समान ही यहा भी सूर्य है। ब्रह्मरंध्र में दो धनुषों के बीच शक्ति विराजमान है। योगी यही अपने मन को लय करके अपने आत्मा को देखते हैं। यही रत्नो की ज्योति जैसे नाद, बिदु और महेश्वर का स्थान है। इसे जाननेवाला पुरुष कैवल्य प्राप्त करता है।

□

द्वितीय अध्याय

खेचरी विद्या के ज्ञाता वृद्धावस्था एवं मृत्यु से मुक्त हो जाते हैं। मृत्यु जरा (वृद्धावस्था) एव व्याधिग्रस्त लोग विश्वास के साथ इसका अभ्यास करें। इसके लिए किसी ऐसे व्यक्ति को गुरु बनाना चाहिए, जो ग्रथो से, भावों से और अभ्यास से इसका ज्ञाता हो। यह खेचरी विद्या अत्यत कठिन है तथा इसका अभ्यास भी कठिन है। इसका अभ्यास तथा योग (मेलन) दोनों एक साथ सिद्ध नही होते। अभ्यास में ही लगे रहने पर मेलन भी सिद्ध नही होता। अभ्यास तो किसी भी जन्म में हो सकता है, किंतु मेलन सौ जन्म में भी प्राप्त नही होता। अनेक जन्मों के अभ्यास से ही मेलन सिद्ध होता है। गुरु के मुख से मेलन-मत्र मिलने पर शास्त्रों के अनुकूल सिद्धि मिलती है। शास्त्राध्ययन से अर्थ को समझकर मेलन प्राप्त करके साधक ससार से मुक्त होकर शिवत्व प्राप्त करता है। शास्त्र के बिना गुरु भी इसका बोध नही करा सकते। अत. यह शास्त्र प्राप्त होना अत्यत दुर्लभ है। (1-10)

शास्त्र की प्राप्ति तक इसके लिए घूमते रहें। शास्त्र प्राप्त हो जाने पर सिद्धि हाथ मे ही समझें। शास्त्र के अभाव में तीनों लोको मे कही सिद्धि नही मिलती, अत मेलन का देनेवाला, शास्त्र का अभ्यास करानेवाला तथा शास्त्र देनेवाला गुरु भगवान का रूप है। इस भावना से उससे प्राप्त शास्त्र को किसी से प्रकट नही करें, हर प्रकार से गुप्त रखें और जहां भी इस दिव्य योग का देनेवाला गुरु मिले, वही जाकर खेचरी विद्या प्राप्त करें, इसका सही रूप मे अभ्यास करे। इस विद्या से योगी खेचरी शक्ति प्राप्त करता है। खेचरी में खेचरी को सयुक्त करके खेचरी बीज के योग से साधक देवता बनकर उनके बीच रहता है। खेचर का प्रतीक 'ह', अग्नि का 'र', धारणा का 'ई' तथा जल का 'म' है। इनसे 'ह्रीम' बनता है, जो खेचरी का बीज मंत्र है। इसी से खेचरी योग सिद्ध होता है। सोम 'चद्रमा' का अश 'स' है। इससे उलटे क्रम में (पूर्व वर्ण) नवां 'भ', बाद में इसी क्रम मे आठवा 'म' वर्ण होता है। फिर 'म' से उलटा पाचवां (प) तथा पुन चद्र का अश (स) के बाद अनेक अक्षरवाला (क्ष) वर्ण रखने से यह मंत्र बनता है (ह्री, भ, स म, पं स, क्ष)। यहा इसे कूट (साकेतिक) रूप मे बताया गया है। (11-20)

गुरु के उपदेश से ही सिद्ध होनेवाला यह खचेरी मंत्र सभी सिद्धियों को देनेवाला है। जो नित्य इसका बारह जप करता है, उसके अंतःकरण में शरीर विषयक माया का प्रभाव नही होता। श्रद्धा सहित इसके पाच लाख जप से खेचरी की सिद्धि होती है। उसके सभी विघ्न दूर होकर देवताओ को प्रसन्नता प्राप्त होती हैं। इससे शरीर की झुर्रिया निश्चय ही मिट जाती है। इसको अच्छी तरह समझकर ही इसका अभ्यास करें, अन्यथा सिद्धि के स्थान पर हानि ही होती है। नियम सहित जप से भी सिद्धि न मिले तो गुरु के निर्देश के अनुसार नित्य जप करते रहे। योग्य गुरु के बिना इसकी सिद्धि कदापि नही होती। उचित शास्त्र ज्ञान होने पर सिद्धि मिलने में देरी नही लगती। सर्वप्रथम सात दिनों तक गुरु के आदेश से तालु के मूल को घिसकर साफ करें फिर थूहर के पत्ते के समान तेज धारवाले चिकने एवं साफ चाकू से इस स्थान को बिलकुल ही थोड़ा-सा (बाल के बराबर) काटे। कटे स्थान पर सेंधा नमक और हर्र का चूर्ण डालते रहें। सात दिन बाद फिर इसी प्रकार काटे। (21-30)

77. अक्षमालिका उपनिषद

शांतिपाठ ·

ॐ वाङमे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठतमाविराम ऐधि, वेदस्य न आणीस्थ श्रुत मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रात्सदधाम्यमृत वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मायवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम। अवतु वक्तारमवतु वक्तारम्।

ॐ शाति शाति शाति।

'मेरी वाणी मन में और मन वाणी में स्थित हो। हे प्रकाशस्वरूप, मेरे समक्ष प्रकट होओ। हे वाणी और मन। तुम हमारे वेदज्ञान के आधार हो, अत· हमारे वेद ज्ञान पर प्रहार न करो। मैं इन्ही के अध्ययन मे रात-दिन लगा रहता हूं। मै सत्य और ऋत वचन वोलूगा। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। हम दोनों की रक्षा करो। तीनों पाप शांत हों।'

प्रजापति ने गुह से पूछा, 'अक्षमाला के भेद एव विधि बताइए। इसके क्या लक्षण है ? कितने भेद है ? कितने सूत्र है ? कैसे पिरोया जाता है ? कितने वर्ण है ? क्या महत्त्व है ? अधिदेवता कौन है ? तथा इसका क्या फल है ?' गुह ने बताया 'प्रवाल (मूग), मोती, स्फटिक, शख, चादी, सोना, चदन, पुत्रजीवा, कमल एवं रुद्राक्ष दस प्रकार की माला होती है। ये 'अ' से लेकर 'क्ष' तक अक्षरों की भावना से ग्रहण की जाती है। इसके लिए सोने, चांदी एवं ताबे के सूत्र (तार) है। इसके विवर मे सोना, बायी ओर चांदी, मुख में मुख एवं पूछ में पूछ भीतरी सूत्र हैं। ब्रह्म ही उसका अत सूत्र है। इसका दाहिना भाग, बायां भाग, मुख, पूंछ, सिर एवं गांठ क्रमश शैव, वैष्णव, सरस्वती, गायत्री, विद्या एव प्रकृति हैं। इनमें (दाने) सफेद हैं, वे स्वर हैं, जो पीले है, वे स्पर्श है तथा जो लाल है, वे 'पर' है। (1-3)

धारण करने से पूर्व इन्हे पचगव्य एव पांच गायों के (नंदा आदि विशेष लक्षणोवाली) दूध से शोधकर फिर इसी दूध एव सुगधित जल से स्नान कराएं, पत्तों के कूर्च से (इस समय ओम् का उच्चारण करें) स्नान कराए। अष्टगध पोतें। फिर मणिशिला पर रखकर पुष्प चढाए। अब एक-एक दाने को 'अ' से 'क्ष' तक अक्षरों से इस प्रकार मत्र पढ़ते हुए अभिमत्रित करें—हे ओम् 'अ', तुम मृत्युजय एव सर्वव्यापक हो। इस पहले अक्ष (मोती) में आओ। 'आ', तुम आकर्षणात्मक एव सर्वगत हो। दूसरे अक्ष मे आओ। ओम् 'इ', तुम पुष्टि देनेवाले तथा क्षोभरहित हो। इस तीसरे अक्ष में आओ इत्यादि, इस प्रकार ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, अं, अ· सहित सोलह स्वरों, चौतीस व्यंजनो द्वारा उनचास अक्षों तथा पचासवें सुमेरु मे आह्वान किया जाता है। (प्रत्येक मोती में आह्वान के लिए मत्र पढे जाते हैं।) यह समस्त अनुष्ठान विस्तृत कर्मकांड सबधी है। इसका अर्थ देना यहां युक्तिसगत नही है, क्योंकि पूजा-अर्चना मे वैसे भी मूल मंत्र का ही पाठ किया जाता है। अत जिज्ञासु पाठकों से निवेदन है कि वे मूल पाठ ही देखें। (4-5)

इसके बाद इस तरह प्रार्थना करे, 'पृथ्वी में विचरण करनेवाले देवताओं को नमस्कार है। आप

निरंतर इस अभ्यास से छ मास में इससे जीभ का संबध कट जाएगा। फिर जीभ के अगले भाग को कपडो से लपेटकर धीरे-धीरे खीचे। पुन छ मास के इस अभ्यास से जीभ भोंहों के बीच तक ठोड़ी के नीचे तक तथा कान के छेद तक पहुंचने लगती है। तीन वर्ष तक अभ्यास करने से जीभ बालो तक कधे तक तथा गले तक पहुचने लगती है। अगले तीन वर्ष तक अभ्यास करने से जीभ ब्रह्मरंध्र को ढक लेती है, गले के नीचे तक तथा गर्दन के पीछे तक पहुंच जाती है। शनै-शनै यह ब्रह्मरंध्र को भेद लेती है। बीजाक्षर सहित यह विद्या अत्यंत कठनि है। पूर्वकथित छ बीजाक्षरो से षडंगन्यास एव करन्यास करने से ही सिद्धि मिलती है। अभ्यास अत्यत सावधानी से तथा धीरे-धीरे करना चाहिए। जल्दी कदापि न करें, इससे शरीर को हानि होती है। जब जीभ बाहर से ब्रह्म बिल तक जाने लगे, तो अगुली से इसे उसके भीतर कर दें।(31-41)

तीन वर्ष तक इसी प्रकार करने से जीभ ब्रह्म द्वार में चली जाएगी। प्रवेश कर लेने पर इसका अच्छी तरह मंथन करें। मत्र सिद्धि होने पर मथन अनिवार्य नही है। फिर भी जप एव मथन दोनों करने से शीघ्र फल मिलता है। मथन के लिए सोने, चादी या लोहे की सीक के सिरे पर दूध में भिगोया तंतु लगाकर उसे नाक के अंदर डालें। फिर प्राण को हदय में रोककर सुखासन मे बैठे। आखो को भौहो में लगाकर धीरे-धीरे मंथन करे। यह अभ्यास छ मास तक करने से अपना प्रभाव दिखाता है। तब साधक की स्थिति सोए हुए बालक के समान होती है। मथन नित्य न करके मास मे एक बार करना चाहिए, ऐसे ही जीभ को भी बार-बार ब्रह्मरंध्र में प्रविष्ट न करें। बारह वर्ष तक इस अभ्यास को करने से अवश्य सिद्धि होती है। तब योगी समस्त विश्व को अपने अदर देखने लगता है, क्योंकि जीभ के ब्रह्मरंध्र मे जाने के मार्ग मे ही ब्रह्मांड भी स्थित है। (42-49)

तृतीय अध्याय

ब्रह्मा बोले, 'मत्र इस प्रकार है—'ह्री भं स म प क्षम। अमावस्या, प्रतिपदा तथा पूर्णिमा का वास्तविक रूप मे क्या अर्थ है ? प्रतिपदा का अर्थ सूर्य, पूर्णिमा का अर्थ चद्रमा तथा अमावस्या का अर्थ सूर्य-चद्र दोनो का अभाव है। कामनाओ से विषयों की इच्छा तथा विषयो की इच्छा से कामनाए बढती है, अत परमात्मा का सहारा लेकर दोनो का त्याग दें। स्वय के कल्याण हेतु अन्य वस्तुओं का भी त्याग कर देना चाहिए और मन को शक्ति के मध्य में स्थिर कर देना चाहिए। मन से मन को देखना ही परम पद की प्राप्ति है। मन ही उत्पत्ति एवं स्थिति का बिंदु (कारण) है। दूध से घी के समान यह बिंदु मन से ही पैदा होता है। इस बिंदु में कोई बधन नही है, जो कुछ भी बधन है, वह मन का ही है। चद्र और सूर्य के बीच में स्थित शक्ति ही बंधन रूप है। अत सुषुम्ना को जानकर भीतर प्राण वायु को चलाना चाहिए। बिंदु स्थान में प्राण वायु को रोककर स्थिर करना चाहिए। यही प्राण वायु, बिंदु, सत्त्व एवं प्रकृति का स्थान है। मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध तथा आज्ञाचक्र इन छ चक्रों को जानकर सुखी बनें। गुदा आधार चक्र है, लिंग स्वाधिष्ठान चक्र, मणिपूर नाभि में है, अनाहत हृदय में तथा आज्ञाचक्र मस्तक में है। (1-11)

इन छ चक्रों को जानकर वायु को ऊपर खींचकर रोकते हुए सुख मडल मे प्रवेश करे। इस प्रकार अभ्यास से वायु ब्रह्माड मे स्थित हो जाता है। वायु, बिंदु चक्र एव चित्त के अभ्यास से योगी

इस माला में स्थित हों। इसे अपना अनुमोदन दें। इसकी शोभा के लिए पितृगण भी इसे अनुमोदित करें (अपनी स्वीकृति दें)। इस ज्ञान से युक्त अक्षमाला को अनिष्वात आदि पितर अपना अनुमोदन दें। आकाश में रहनेवाले देवताओं को नमस्कार, वे इस ज्ञानमयी माला की शोभा के लिए इस माला का अनुमोदन करें। पितर इसका अनुमोदन करें। स्वर्ग में रहनेवाले देवो ! तुम्हें नमस्कार, इस ज्ञानमयी माला के लिए अनुमोदन करो। पितर इसकी शोभा के लिए अनुमोदन करें। जितने भी मंत्र और विद्याए हैं, उन्हें नमस्कार। उन सवकी शक्तियां इस माला में स्थित हों। सगुण व्रह्मा, विष्णु एवं रुद्र को नमस्कार, उनके तेज को नमस्कार। वह तेज इस अक्ष माला में प्रतिष्ठित हो। (6-10)

'सांख्य आदि दर्शनों के तत्त्वों को नमस्कार, आप इस माला में स्थित हों। सैंकडों-हजारो की संख्या में विद्यमान वैष्णवों और शाक्तों को वार-वार नमस्कार आप अनुमोदन से इस माला पर अनुग्रह करें। मृत्यु की प्राणरक्षक शक्तियों को पुन-पुन नमस्कार। वे प्रसन्न हों, प्रमन्न हों।' फिर इस माला को सव गुणों से संपन्न मानते हुए दानों को पिरोएं। इसी प्रकार पूरे विधान से पुन पचास दानों पर आह्वान करते हुए उन्हें भी पिरोया जाता है। शेष आठ दानों में अ, क, च, ट, त, प, य तथा श, इन अक्षरो मे पहले की तरह अभिमंत्रित करें और इस पकार एक सौ आठ दानो की माला वनाएं। (11-14)

माला वन जाने पर उठकर उसकी प्रदक्षिणा करके प्रार्थना करें—मा भगवती अक्षमाला ! तुम सवको वश में करती हो, तुम्हें नमस्कार हो। मंत्रों की मां माला ! तुम सवको स्तभित करती हो, तुम्हें नमस्कार। मंत्रों की मा अक्षमाला ! तुम उच्चाटन (मन को व्यग्र कर देना) करनेवाली हो, तुम सवकी मृत्यु हो, मृत्युंजय स्वरूप (मृत्यु को जीतने वाला शिव) हो, सवको उद्दीप्त करनेवाली हो, सारे लोक की रक्षक हो, प्राण देनेवाली हो, सव कुछ उत्पन्न करनेवाली हो, दिन तथा रात्रि करनेवाली हो, एक नदी से दूसरी नदी में, एक देश से दूसरे देश में, एक द्वीप से दूसरे द्वीप में तथा एक लोक से दूसरे लोक में जानेवाली हो। तुम सदा प्रकाश देती हो और हृदय में रहती हो। परारूपवाली तुझे नमस्कार। हे पश्यंती रूप, तुझे नमस्कार। हे मध्यमा रूप, तुझे नमस्कार (परा, पश्यती, मध्यमा एव वैखरी वाणी के रूप हैं।) तथा हे वैखरी रूप, तुझे नमस्कार। हे सवकी आत्मा रूप, सभी विद्यारूप, सभी शक्तिरूप, सभी देवरूपवाली माला, तुझे नमस्कार। मुनि वसिष्ठ द्वारा तेरी आराधना की गई है तथा विश्वामित्र द्वारा तेरी सेवा की गई है, अत तुझे मैं नमस्कार करता हू (15)।

इसका प्रातःकाल अध्ययन करने से रात्रि के पाप नष्ट हो जाते हैं। सायकाल अध्ययन करने से दिन में किए हुए पाप नष्ट हो जाते हैं। सायं-प्रातः दोनों समय पढने वाला पापी भी पापों से रहित हो जाता है। भगवान गुह ने वताया कि इस प्रकार पूरे विधान से वनी माला से जपा हुआ मत्र शीघ्र ही सिद्धि देता है। (16)

□

अमृत का आस्वाद तथा मुक्ति मिलती है। इस पंचाक्षर मत्र (नमः शिवाय) के आदि में 'न' तथा अत मे 'य' है, इसका जप करना चाहिए। यह सब पचब्रह्म का ही स्वरूप है। इस परमात्मिकी विद्या को पढनेवाला स्वय इसी के समान बनकर उसी में मिल जाता है। यह उपदेश स्वयं गालव को महादेव ने दिया था। गालव इससे लीन हो गए थे। इसको सुनने मात्र से न सुना हुआ सुने के ममान, न जाना हुआ जानने के समान हो जाता है तथा अज्ञात का भी ज्ञान हो जाता है। जैसे मिट्टी के एक बर्तन से मिट्टी का पता लग जाता है, वैसे ही इस विद्या का ज्ञान सबके ज्ञान के समान है। (24-35)

जैसे नाखून काटने के यत्र से उसके लोहे का ज्ञान हो जाता है, वैसे ही यदि जगत को उसके कारण ब्रह्म के समान माना जाए, तो यह सत्य नही होगा। वह कारण एक ही होने पर भी भिन्न भी है, अभिन्न भी तथा दोनों तरह का भी। यह भेद केवल स्वरूप के आरोप के कारण है। इस सबका कारण केवल चैतन्य ब्रह्म ही है। हृदयाकाश के दहर पुडरीक (कमल) में ही इस शिव को मुमुक्षु देखे। यह सबका साक्षी तथा ससार को मुक्ति देनेवाला इस हृदय में रहता है। अत इसे हृदय (बधन से छुडानेवाला) कहते हैं। (36-41)

□

78. रुद्राक्ष जाबालोपनिषद

शांतिपाठ ·

ॐ अप्यायतु ममागानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिंद्रियाणिच सर्वाणि सर्व ब्रह्मोपनिषद् माह ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोवनिराकरण-मस्त्वनिराकरणं मेस्तु। तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सतु। ते मयि सतु।

ॐ शाति: शाति शाति ।

'मेरे अग, वाणी, प्राण आदि पुष्ट हों। सभी उपनिषद् ब्रह्म है। मै इस ब्रह्म का तथा ब्रह्म मेरा निराकरण (परित्याग) न करे। हमारा परस्पर अनिराकरण हो। उपनिषदों के धर्म मे रत रहते हुए यह धर्म मुझमे प्रतिष्ठित हो। तीनो प्रकार के (दैहिक, दैविक तथा भौतिक) ताप शात हो।'

कालाग्नि रुद्र से भुसुड ने पूछा, 'रुद्राक्ष की उत्पत्ति कैसे हुई ? तथा इसके धारण करने से क्या फल मिलता है ?' इस पर कालाग्नि रुद्र ने बताया, 'त्रिपुर असुर के वध के लिए विचार करते समय मैने आखे बद कर ली थी। उनसे आसू टपककर भूमि पर गिर पड़े, यही रुद्राक्ष बन गए। सभी पर कृपा करने के लिए मै इतना ही बताता हू कि इसका केवल नाम ही लेने से दस गायो के दान का फल तथा दर्शन और स्पर्श करने से इसका दुगुना फल मिलता है, इससे आगे मै कुछ नही बता सकता। केवल सक्षेप मे यही है कि वह कहा स्थित है ? क्या नाम है ? मनुष्य इसे कैसे धारण करता है ? इसके मुख्य भेद कितने हैं और किन मंत्रो से यह कैसे धारण किया जाता है ? इसका उत्तर यही है कि देवताओं के हजार वर्षो मे मेरे द्वारा आखें खोले जाने पर भूमि मे आखो से जल की बूदे गिर पडी। वे आसू की बूदे ही महारुद्राक्ष के वृक्ष बन गई तथा भक्तो पर कृपा करने के लिए स्थावर (अचल) हो गई। यही वर्णन है। (1-5)

'इसको धारण करने से यह भक्तो के रात-दिन दोनो समय किए गए पापो को हर लेता है। इसके दर्शन से लाख गुना पुण्य तथा धारण करने से अरबो गुना फल मिलता है। रुद्राक्ष को धारण करके इससे जप करने पर मनुष्य को जप के लाख-करोड गुना अधिक फल मिलता है। धात्री फल (आवले) के बराबर रुद्राक्ष श्रेष्ठ होता है। बेर के बराबर आकारवाला मध्यम माना जाता है तथा चने के समान आकारवाला रुद्राक्ष अधम (घटिया) माना जाता है। शिव की आज्ञा से इसके ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एव शूद्र, चार वर्णो के वृक्ष उत्पन्न हुए। सफेद रग का रुद्राक्ष ब्राह्मण, लाल रग का क्षत्रिय, पीले रग का वैश्य तथा काले रग का रुद्राक्ष शूद्र होता है। अत ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एव शूद्र को क्रमश सफेद, लाल, पीला एव काला रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। समान आकारवाले, चिकने, कठोर तथा काटेदार रुद्राक्ष शुभ होते है। कीड़ो के खाए हुए, टूटे-फूटे, बिना काटोवाले, घाववाले एव भद्दे, ये छ दोषोंवाले रुद्राक्ष ग्रहण नही करने चाहिए। जिस रुद्राक्ष मे स्वय ही छेद हो, ऐसा रुद्राक्ष उत्तम माना जाता है। जिसमें ताकत लगाकर छेद करना पडे, ऐसा रुद्राक्ष मध्य माना जाता है। एक समान आकारवाले, चिकने, मजबूत तथा मोटे रुद्राक्षो को ही तागे मे पिरोकर धारण करना चाहिए। (10-15)

शाति प्राप्त होती है, धारण करने से मिलनेवाली शाति के विषय मे तो कोई संशय करना ही नही चाहिए। ग्यारह मुखी रुद्राक्ष के देवता ग्यारहों रुद्र माने जाते हैं। अत इसे धारण करने से ये देवता उसे सौभाग्य प्रदान करते है। बारह मुखोवाला रुद्राक्ष भगवान विष्णु या वारहों आदित्यो का स्वरूप माना जाता है। अत. इनके उपासक इसे धारण करते हैं। तेरह मुखोवाला रुद्राक्ष सभी इच्छाओ को पूर्ण करनेवाला तथा शुभ माना गाया है। इसको धारण करने मात्र से भगवान कामदेव धारण करनेवाले पर प्रसन्न होते है। रुद्र के नेत्रों से उत्पन्न चौदह मुखों का रुद्राक्ष सभी रोगो को दूर करनेवाला तथा नीरोगता देनेवाला है। इस चौदह मुखी रुद्राक्ष को धारण करनेवाले को शराब, मास, लहसुन, प्याज, सहजन, लसौडा एव विडवराह (एक सब्जी) आदि खाद्य पदार्थों को त्याग देना चाहिए। ग्रहण लगने पर, विषुवत सक्राति में, अयन वदलने पर, अमावस्या में, पूर्णिमा में तथा जब रात और दिन वराबर होते है (मेष एव तुला सक्राति), ऐसे समय मे रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति उसी समय पापों से छूट जाता है। रुद्राक्ष का मूल भाग ब्रह्मा, अंदर का छिद्र विष्णु, इसके मुख रुद्र तथा बिदु सभी देवताओ से युक्त माने जाते हैं। (37-45)

सनत्कुमार ने भगवान कालाग्नि रुद्र से निवेदन किया कि वह इसे धारण करने की विधि भी वताए। तभी उनके चारो ओर से निदाध, जड़ भरत, दत्तात्रेय, कात्यायन, भरद्वाज, कपिल, वसिष्ठ, पिप्पलादि ऋषि भी बैठ गए। कालाग्नि रुद्र द्वारा उनसे उनके आने का कारण पूछे जाने पर उन्होने भी यही कहा कि वे सभी रुद्राक्ष को धारण करने की विधि जानने के लिए ही वहा आए है। तव कालाग्नि रुद्र ने कहना प्रारंभ किया कि रुद्र के नेत्रों से उत्पन्न होने के कारण ससार मे यह रुद्राक्ष (रुद्र की आंख) कहा जाता है। भगवान सदाशिव प्रलय के समय सृष्टि कां नाश करके नाश करनेवाले अपने नेत्रों को मुकुलित (झुकी हुई) कर लेते है। इन्ही आखो से रुद्राक्ष पैदा होते है। यही रुद्राक्ष का स्वरूप है। इस रुद्राक्ष का मुख से उच्चारण करने पर ही दस गायो को दान करने का फल मिलता है। इसी को (रुद्राक्ष को) भस्म ज्योति रुद्राक्ष भी कहा जाता है। इसे हाथ से छूकर ही धारण कर लेने से दो हजार गाएं दान करने का फल मिलता है। इसे दोनो कानो मे धारण करने से ग्यारह हजार गोदान का फल तथा एकादश (ग्यारह) रुद्रों की प्राप्ति होती है। इन्हें सिर मे धारण करने से करोड़ गोदान का फल प्राप्त होता है। इन्हें किन-किन स्थानों पर धारण किया जाए, यह सब मै बता ही नही सकता। (46-48)

जो नित्य इस रुद्राक्ष जाबाल उपनिषद का पाठ करता है, बालक हो या युवक हो, वह ज्ञानी और महान हो जाता है। वह सबका गुरु तथा सभी मंत्रों का उपदेश देनेवाला हो जाता है। इन्ही से होम करना चाहिए और इन्ही से पूजा। राक्षसो का नाश करनेवाले तथा मृत्यु को दूर करनेवाले इन रुद्राक्षो को गुरु से प्राप्त करके कठ, बाजू या चोटी मे धारण करना चाहिए। इसे प्राप्त करने पर गुरु को यदि दक्षिणा में सातों द्वीपोवाली पृथ्वी को भी दे दिया जाए, तो यह भी कम ही है। अत श्रद्धा से जो भी गाय दे दी जाए, वही दक्षिणा पर्याप्त है। जो ब्रह्म का ज्ञाता इस उपनिषद का प्रातःकाल पाठ करता है, वह रात्रि में किए हुए पापों को नष्ट करता है। सायकाल इसका पाठ करने पर दिन मे किए हुए पाप नष्ट हो जाते हैं। मध्य दिन में (दोपहर में) पढ़ने से छ जन्मो के पाप नष्ट होते है। साय एव प्रात दोनों समय पढ़ने से अनेक जन्मों के पाप नष्ट होते हैं, साठ करोड़ गायत्री जप का फल प्राप्त

'ये सौम्य (सुदर) आकार के एव एक जैसे होने चाहिए। सोना परखनेवाली कसौटी मे सोने की रेखा के समान रेखावाला रुद्राक्ष उत्तम होता है। शिव की पूजा करनेवाले को इसे धारण करना चाहिए। सिर मे, चोटी में, एक तथा सिर मे ही माला में तीन रुद्राक्ष धारण करे। गले मे छत्तीस, बाजुओ मे सोलह-सोलह, मणिबंध (कलाई) मे बारह, कंधे में पद्रह तथा गले मे जनेऊ की तरह एक सौ आठ दानो की माला पहननी चाहिए। दो, तीन, पांच या सात लडियो की माला भी गले मे पहनी जाती है। मुकुट, कुंडल, कान की बाली या गले के हार के रूप में भी रुद्राक्ष धारण किया जाता है। बाजूबंध या बगलबंध मे भी विशेष प्रकार से बधे रुद्राक्ष को सोते-जागते प्रत्येक समय धारण करना चाहिए। तीन सौ रुद्राक्षों को धारण करना अधम, पाच सौ धारण करना मध्यम तथा एक हजार धारण करना उत्तम माना गया है। इस रीति से रुद्राक्ष धारण करे। 'ईशान० ' मत्र से सिर मे, 'तत्पुरुषेण० ' मंत्र से कठ मे तथा 'अघोरेण० ' मंत्र से गले मे एव हृदय मे रुद्राक्ष धारण किया जाता है। बुद्धिमान व्यक्ति अघोर बीज मत्र से हाथो मे रुद्राक्ष धारण करे। वर्णमाला के पचासो अक्षरो को इनके छिद्र मे लिखकर (इससे पूर्व अक्षमाला उपनिषद के अनुसार एक-एक अक्षर को) शिव के पाच अक्षरो वाले मत्र से (नम शिवाय से) अभिमत्रित करे। फिर मूल मत्र से इनकी माला बना ले और तीन, पाच या सात मालाएं धारण करे। (16-25)

भगवान कालाग्नि रुद्र से भुसुंड ने पुन· पूछा, 'रुद्राक्षो के भेद से किस रुद्राक्ष का क्या फल होता है ? इनके फल क्या है ? इनसे अमगलनाश कैसे होता है ? तथा इच्छित फल कैसे प्राप्त होता है ? कृपया इस विषय मे बताए।' भगवान कालाग्नि रुद्र ने बताया कि एक मुख वाला रुद्राक्ष पमतत्त्व (ब्रह्म) का ही रूप है। इसको धारण करने से मनुष्य की इद्रिया वश मे हो जाती है तथा उसी परम तत्त्व मे वह पुरुष लय हो जाता है। दो मुखो वाला रुद्राक्ष अर्धनारीश्वर (आधा शरीर शक्ति तथा आधे शिव के शरीरवाला भगवान का रूप) का स्वरूप होता है, इसे धारण करने से भगवान अर्धनारीश्वर धारण करनेवाले पर सदा प्रसन्न रहते है। तीन मुखोवाला रुद्राक्ष गार्हपत्य, आहनीय एव दक्षिणाग्नि, इन तीनो अग्नियों का स्वरूप है। इसे धारण करनेवाले पर अग्निदेव सदा प्रसन्न रहते है। चतुर्मुख (चार मुखोवाला) रुद्राक्ष ब्रह्मा का रूप है, इसके धारण करने वाले पर सदा ब्रह्मा की कृपा होती है। पाच मुखोवाला रुद्राक्ष पचमुख शिव का रूप है। इसे धारण करने से भगवान की कृपा से धारण करनेवाले के हाथों कभी किसी व्यक्ति की हत्या नही होती। छ मुखी रुद्राक्ष भगवान कार्तिकेय का रूप है। इसे धारण करने से अत्यधिक धन-सपत्ति तथा रोगो के नाश होने पर सुदर स्वास्थ्य प्राप्त होता है। विद्वान इस छ· मुखोवाले रुद्राक्ष को भगवान गणेश का रूप भी मानते है, अत इसको धारण करने से सुदर मति, सपत्ति तथा पवित्रता प्राप्त होती है। सात मुखी रुद्राक्ष ब्राह्मी आदि सात लोक माताओ का स्वरूप माना जाता है। इसके धारण करने से भी महान सपत्ति तथा आरोग्य (स्वास्थ्य) प्राप्त होता है। यदि इसे पवित्र भावना से किया जाए, तो महान ज्ञान की संपत्ति प्राप्त होती है। आठ मुखोंवाला रुद्राक्ष आठ भगवतियो का अथवा आठ वसुओ का रूप माना जाता है तथा इसे धारण करने से गगा भी प्रसन्न होती है। (26-36)

नौ मुखोवाले रुद्राक्ष के देवता नौ शक्तिया मानी जाती है। अत इसे धारण करने से ही ये शक्तिया प्रसन्न होती है। दशमुखी रुद्राक्ष यमदेव का रूप कहा गया है। इसे केवल देखने से ही

होता है तथा ब्रह्महत्या, सुरापान, सोने की चोरी, गुरुपत्नी गमन आदि सभी पापो से छूटकर पवित्रता मिलती है। उसे सभी तीर्थों का फल मिलता है, वह पतित भाषण से मिले पापो से छूटकर पवित्र हो जाता है, वह हजारो लोगो को पवित्र करनेवाला बन जाता है तथा भगवान शिव के पास जाता है। उसका इस ससार मे पुनर्जन्म नही होता। (49)

□

60. शारीरकोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विमावहै।

परमात्मा हम दोनों (गुरु एवं शिष्य) की एक साथ रक्षा करें, एक साथ हम उपभोग प्राप्त करें। हम साथ ही पराक्रम करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम द्वेष न करें।

पृथ्वी, आकाश आदि महाभूतों का समूह ही शरीर है। इनमें कठिन अंश पृथ्वी, द्रव जल, उष्ण तेज, चलनेवाला वायु तथा खाली अंश आकाश का है। कान आदि ज्ञानेंद्रियां हैं। आकाश, वायु, तेज, जल तथा पृथ्वी में क्रमश कान, त्वचा, नेत्र, जीभ तथा नाक हैं। वाणी, हाथ, पांव, गुदा तथा जननेंद्रिय, कर्मेंद्रियां हैं। इनके कार्य क्रमश बोलना, लेना, चलना, मल विसर्जन तथा संभोग हैं। ये क्रमश पृथ्वी आदि से उत्पन्न है। मन, बुद्धि, अहंकार एवं चित्त ये चार अंतःकरण हैं। इनके विषय क्रमश संकल्प विकल्प, निश्चय, अभिमान तथा अवधारणा है। मन, बुद्धि, अहकार एव चित्त के स्थान क्रमश गले का अंत, मुख, हृदय एवं नाभि हैं। अस्थि, चर्म, मास, नाड़ी एव रोम पृथ्वी के, मूत्र, रक्त, कफ एवं पसीना जल के, भूख, प्यास, आलस्य, मोह एवं मैथुन अग्नि के दौडना, चलना आदि वायु के तथा काम, क्रोध, मोह आदि आकाश के अंश हैं। (1-5)

शब्द, स्पर्श, रूप, रस एव गध पृथ्वी के गुण हैं, जल के प्रथम चार अग्नि के प्रथम तीन, वायु के दो तथा आकाश का एक ही गुण शब्द है। सत्त्व, रजस एवं तमस तीन गुण हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अक्रोध आदि गुण विशेषत सत्त्वगुणी व्यक्ति के हैं। 'मैं करनेवाला हूं', 'भोगनेवाला हूं' इस प्रकार का अभिमान रजोगुणी व्यक्ति का लक्षण है। निद्रा, आलस्य, चोरी, मैथुन ये तमोगुण के चिह्न हैं। सत्त्व, रजस एवं तमस क्रमश श्रेष्ठ, मध्यम और अधम माने जाते हैं। सही-सही ज्ञान सात्त्विक, धर्म ज्ञान रजस तथा अज्ञान तमस है। जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एवं तुरीय चार अवस्थाएं हैं। जागृत अवस्था में पांच कर्म की तथा पांच ज्ञानेंद्रियां और चार अतःकरण, कुल चौदह रहते है, स्वप्न में चार अंतःकरण, सुषुप्ति में केवल चित्त और तुरीय में आत्मामात्र रह जाता है। खुले जीव तथा बंद परमात्मा के मध्य जीव क्षेत्रज्ञ होता है। (6-15)

पांच-पांच ज्ञान की, कर्म की इंद्रियां एवं पांच प्राण, मन तथा बुद्धि का सूक्ष्म रूप लिंग कहलाता है। मन, बुद्धि, अहंकार, आकाश, वायु, जल एवं पृथ्वी, ये त्वचा प्रकृति के आठ विकार है। सोलह विकार और कहे गए हैं। कान, शब्द, जिह्वा, नासिका, गुदा, उपस्थ, हाथ, पाव, वाणी, स्पर्श, रूप, रस एव तेईस गंध, ये तत्त्व है। प्रकृति चौवीसवी तथा पच्चीसवीं अव्यक्त या प्रधान है, पुरुष इससे भिन्न है। (16-20) □

79. राम पूर्वतापिनी उपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभि शृणुयाम देवा भद्र पश्येमातक्षिर्भिर्यजत्रा
वाससतनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शाति शाति शाति ।

'हम कानो से शुभ सुने और आखो से शुभ देखें । हे ईश्वर ! स्वस्थ शरीर से तेरी स्तुति करे और देवो द्वारा दी हुई आयु का भोग करे । बलशाली इद्र सर्वज्ञाता पूषा, अबाध गतिवाला गरुड एव बृहस्पति हमारा कल्याण करे । तीनो प्रकार के ताप शात हो ।'

प्रथम खंड

भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक मे श्रेष्ठ रघुवशीय राजा दशरथ के यहा जन्म लिया, तब वह राम बने । विद्वानो ने राम शब्द की व्याख्या करते हुए कहा है कि पृथ्वी पर रहकर संतो की सभी कामनाए पूर्ण करनेवाले राजा के रूप में शोभा पानेवाले ही राम है । कुछ विद्वान अभिराम (सुदर) होने के कारण उन्हे राम कहते है । दूसरे विद्वान राम का अर्थ अपने पराक्रम से पृथ्वी मे प्रसिद्ध होनेवाला करते है । राहु जैसे चद्रमा को शोभा से रहित कर देता है, वैसे ही राक्षसो को प्रभावहीन कर देनेवाले राम है । कुछ लोग राम शब्द की व्याख्या इस प्रकार करते है कि जो राज्य के योग्य राजाओ के लिए अपने धार्मिक चरित्र से धर्म का मार्ग दिखाता है, ध्यान करनेवाले को वैराग्य एव नाम जपनेवाले को ज्ञान तथा उनकी पूजा करनेवाले को ऐश्वर्य देता है, इन गुणो से पृथ्वी मे वह राम कहा जाता है । वह राम अद्वितीय, चिन्मय, निष्कल देहरहित ब्रह्म है । अपने उपासको की इच्छाओ के लिए ही वह मनुष्य शरीर धारण करते है । वास्तव मे जिस नित्य आनदस्वरूप चिदात्मा मे योगी रमण करते है, वही परम ब्रह्म राम है । देवताओ के रूपो मे स्त्री-पुरुष, अग, अस्त्र आदि की कल्पना की गई है । भगवान के विभिन्न अवतारो मे दो, चार, छ , आठ, दस, बारह और सोलह हाथो तक उनमे शख, चक्र आदि का वर्णन किया गया है । उनके लिए हजारो वर्णों, वाहनो, शक्तियो तथा सेना आदि की कल्पना की गई है । दुर्गा आदि देवताओ के रूप में उनके लिए पाच महाभूतो के शरीर और सेना आदि की भी कल्पना इसी प्रकार की है । (1-10)

यह राम शब्द ब्रह्मा आदि सभी देवताओ का वाचक है, अर्थात यह निराकार एव साकार ईश्वर के दोनों रूपो को बताता है । यह मत्र है । इसके जप से भगवान प्रसन्न होते है । यह मंत्र सभी प्रकार के अर्थो से पूर्ण है । मंत्र का अर्थ है—'जिसके मनन करने से त्राण मिलता है' मत्र सभी अर्थो को देता है । स्त्री या पुरुष किसी भी रूप में देवता की पूजा के लिए उसके शरीर के रूप मे मत्र की

81. कृष्ण उपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभि शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाताक्षिर्भियंजत्रा
स्थिरैरगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धाश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति न बृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति. शाति शाति ।

'हम कानो से कल्याणमय वचन सुने, नेत्रो से कल्याणमय चीजों को देखे और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे। इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करे। अमगल नाशक गरुड और बृहस्पति हमारा कल्याण करे। दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दु ख शात हो।'

सच्चिदानद स्वरूप महाविष्णु के सभी अगो से सुदर रामचद्र भगवान को देखकर वनवासी मुनियो को अत्यत विस्मय एव आनद हुआ। उन्होने भगवान के शरीर के स्पर्श की इच्छा की। तब भगवान ने उनसे कहा, कि जब इसके बाद मै कृष्ण का अवतार लूगा, तो आप सब गोपिया बनकर मेरा स्पर्श करेंगे। अत सभी ने गोपियो एव ग्वालो के रूपो मे पैदा होने की इच्छा की। एक बार विष्णु ने देवताओं को मनुष्य के रूप में पृथ्वी पर जन्म लेने की आज्ञा दी, किंतु देवता उनके साथ को छोडकर जन्म लेने को तैयार नही हुए। तब भगवान ने उनसे कहा कि मै कृष्ण के रूप मे तुम्हारे साथ ही रहूगा, अत वे सब भी गोपिया एव ग्वाले बन गए। देवता अत्यत प्रसन्न एव कृतकृत्य हुए। नद एव यशोदा के रूप मे क्रमश भगवान का आनदवाला अश एव मुक्तिदेवी ने अवतार लिया। माया तीन प्रकार की कही जाती है—सात्त्विकी, राजसी एव तामसी। राक्षसो मे तामसी माया प्रविष्ट हुई। इस विचित्र माया से, जो वैष्णवी माया भी कही जाती है, जीत पाना अत्यत कठिन है। इसे प्राचीनकाल मे ब्रह्मा भी नही जीत सके। देवता इसकी सदा स्तुति करते है। यही वैष्णवी माया देवकी के रूप मे प्रसन्न हुई। जो वेद भगवान की सदा स्तुति करते हैं, वे ही वसुदेव बने। वेदो के अर्थ अर्थात भगवान विष्णु ही कृष्ण एव बलराम का अवतार बने। यही वेदो का अर्थ पृथ्वी मे अवतरित हुआ और इसने गोपो एव गोपियो के साथ क्रीडाए की। उन भगवान कृष्ण की ये गोपिया एव गाए वेदो की ऋचाए है। उनकी लाठी एव वशी के रूप मे क्रमश ब्रह्मा एव रुद्र ने अवतार लिए। इद्र सींगा के रूप मे पैदा हुए। सारे गोकुल में बैकुठवासियो ने ही जन्म लिया। तपस्वी लोग वहा वृक्षों के रूप में उत्पन्न हुए तथा लोभ, क्रोध, मोह आदि विकार असुरो के रूप में पैदा हुए। काम, क्रोध आदि विकार कलियुग में भगवान कृष्ण का नाम लेने से ही नष्ट हो जाते है। (1-9)

साक्षात भगवान विष्णु ने गोप के रूप में मायामय शरीर धारण किया। यह जगत माया द्वारा

कल्पना की जाती है। बिना मंत्र के पूजा किए जाने पर देवता प्रसन्न नही होता। अत साकार पूजा में मत्र अवश्य हो। (11)

द्वितीय खंड

साकार ईश्वर स्वयं अपनी इच्छा से रूप धारण करता है, इसका अन्य कोई कारण नही होता। अत वह स्वयंभू कहा जाता है। वह अपने ही प्रकाश से ज्योतिवाला है। शरीरवाले होते हुए भी वह अनत होता है। उसकी उत्पत्ति, स्थिति या लय नही होती। वही अपनी 'चित्त' शक्ति से सत्त्व, रजस एव तमोगुण द्वारा विश्व का कारण है। जैसे छोटे से बीज मे वट का महान वृक्ष छिपा हुआ होता है, वैसे ही राम रूपी बीज में यह समस्त चराचर जगत व्याप्त है। राम शब्द के 'र' मे आठ मूर्तियां एव तीनो शक्तिया है। इस 'राम' मंत्र मे सीता प्रकृति तथा राम पुरुष है। इन्ही से चौदह भुवन उत्पन्न हुए थे, इन्ही मे स्थित है तथा इन्ही मे लय भी होते है। अपनी माया के कारण ही राम ने मानव रूप मे जन्म लिया है। जगत के प्राणों रूपी इस आत्मा को नमस्कार। इस प्रकार स्वय को राम से एकतावाला कहना चाहिए। (1-4)

तृतीय खंड

'रामाय नम ' (राम के लिए नमस्कार), इस मत्र मे राम शब्द परमात्मा को बताता है, 'नमस्कार' जीव को तथा 'के लिए' इन दोनो की एकता सूचित करता है। इस मत्र मे राम का ही कथन है। इससे उपासको को उनका मनचाहा फल मिलता है। जैसे किसी व्यक्ति का नाम लेने पर वह सामने आ जाता है, वैसे ही इस बीज मत्र से पुकारे जाने पर भगवान राम साधक के सामने आ जाते हैं। मनोकामना सिद्धि के लिए इस मत्र के बीज का दाहिने स्तन मे, शक्ति का बाए स्तन मे तथा कीलक का इनके मध्य मे सकल्प करके न्यास करे। सभी मत्रों का साधारणतया यही क्रम है। यहा राम का ध्यान इम प्रकार करना चाहिए—राम अनंत रूप एवं तेज से अग्नि के समान हैं तथा सत्त्वगुणयुक्त है। सीता के साथ होने पर वह अग्नि एव ईषात्मक तथा चद्रिका (चादनी) के साथ चद्रमा के समान है। अपनी प्रकृति के साथ वह श्यामवर्णवाले है, इनके वस्त्र पीले रग के है, सिर मे जटाए, कानो मे कुडल, गले में रत्नो की माला तथा हाथों में धनुष है। वे अत्यत धैर्यवान तथा दो भुजाओंवाले हैं। वे प्रसन्नमुख, अणिमा आदि आठो ऐश्वर्यों से सपन्न तथा जगत की योनि (कारण) परमेश्वरी प्रकृति (सीता) से सुशोभित है। वह दो भुजाओं , सोने जैसी आभा, अलकारों तथा हाथो मे कमलो से सुशोभित हैं। पुन उनके हाथो मे धनुष है और दाहिनी ओर गोरे रग के लक्ष्मण है, ये तीनों एक त्रिकोणात्मक सौंदर्य को उत्पन्न कर रहे है। (1-10)

इस बीज के बाद इसका शेष मत्र इस प्रकार है कि एक बार ऐसे त्रिकोण रूप वाले भगवान राम के पास सभी देवता उनके दर्शनों के लिए आए। उन्होने कल्प वृक्ष के नीचे बैठे भगवान राम की स्तुति की कि 'हे भगवान राम, आप कामरूप हैं, मायामय हैं, वेदों आदि के रूप है, ओकार है, रमा को धारण करनेवाले हैं, आत्मा मूर्ति हैं, सीता से सुशोभित है, राक्षसों को नष्ट करनेवाले तथा शुभ अंगोंवाले हैं। आपके सभी रूपों को नमस्कार। हे कल्याणकारक रघुवीर। रावण के मृत्युरूप।

मोहित किया हुआ है। फलत भगवान की माया को समझ पाना बड़ा ही कठिन है। भगवान की इस माया को देवता भी नही जान पाते। इसी माया में पड़कर ब्रह्मा को लाठी एव रुद्र को वंशी वनना पड़ा, तव भगवान श्री हरि की उस माया का ज्ञान मनुष्यों को कैसे हो सकता है ? देवताओ के बल एवं ज्ञान का माया क्षण-भर मे हरण कर लेती है। शेषनाग बलराम के रूप मे तथा स्वयं साक्षात शाश्वत ब्रह्म कृष्ण के रूप मे पैदा हुए। भगवान की सोलह हजार एक सौ स्त्रियां वेदो की ऋचाए तथा उपनिषद् है। इसके अलावा ब्रह्मरूप वेद की ऋचाए गोकुल की अन्य स्त्रियां है। चाणूर वस्तुत द्वेष, मुष्टिक मत्सर, कुवलयापीड दर्प, तथा आकाश मे उडनेवाला राक्षस वकासुर गर्व है। माता रोहिणी दया है। पृथ्वी ने सत्यभामा के रूप मे अवतार लिया है। अघासुर महाव्याधि के रूप मे तथा कलियुग कस के रूप मे पैदा हुआ है। शम ने सुदामा के रूप मे, सत्य ने अक्रूर के रूप मे और दम ने उद्धव का रूप धारण किया है। शख स्वय विष्णु का रूप है। यह शख मेघ के समान शब्द करनेवाला क्षीर सागर से पैदा हुआ है। भगवान कृष्ण ने जो दही-दूध के मटके फोडकर दही-दूध की नदियां वहाई थी, वह इसी क्षीर सागर का प्रवाह था। दूध-दही के क्षीर सागर मे भगवान पहले के समान क्रीड़ा कर रहे हे। दुष्टो के सहार एव संतो की रक्षा मे वह सदा लगे रहते है। धर्म एव प्राणियो की रक्षा के लिए ही भगवान ने मानव के रूप मे अवतार लिया था। उनका वह ब्रह्म के समान चक्र उनके हाथो मे शोभा दे रहा है। (10-19)

वायु भगवान कृष्ण की वैजयती माला एवं धर्म चवर बना महेश्वर ने चमकते हुए खड्ग का, कश्यप ने नद के घर मे ओखल का तथा माता अदिति ने रस्सी का रूप वनाया। सव वर्णों के ऊपर अनुस्वार के समान सुशोभित सब प्राणियो के ऊपर रहनेवाला आकाश ही भगवान कृष्ण का छत्र है। आदिकवि वाल्मीकि एव व्यास ने जितने देवताओं के जिन-जिन रूपों का वर्णन किया ओर देवताओ के जिन भी रूपो को प्राणी नमस्कार करते है, वे सभी रूप भगवान कृष्ण मे ही रहते है। शत्रुओं का नाश करनेवाली काली ही साक्षात उनकी गदा है। वैष्णवी माया ने उनके शार्ङ्ग धनुष का तथा प्राणनाशक काल ने वाण का रूप बनाया है। विश्व के सहार का वीज उनके हाथ मे कमल वनकर शोभा पाता है। गरुड़ वटभाडीर है और नारद मुदामा है। साक्षात भक्ति वृंदा के रूप मे प्रकट हुई। समस्त प्राणियो को कर्म का ज्ञान करानेवाली वुद्धि भगवान की क्रिया शक्ति है। अत ये सब गोप, गोपी आदि भगवान से अलग नही हैं। सभी स्वर्ग एव वैकुठ के देवताओ को भगवान ने ही पृथ्वी पर अवतरित किया है। इस रहस्य को जाननेवाला सभी तीर्थों के फल को प्राप्त करता है तथा देह के वधन से मुक्त हो जाता है। (20-25)

□

शुभ शरीरवाले । महान धनुर्धर । राजाओं में श्रेष्ठ । आप हमारी रक्षा करो, हमें ऐश्वर्य दो ।' देवता यह स्तुति कर ही रहे थे कि भगवान राम खर नामक राक्षस को मारने मे लग गए । तब देवताओं तथा ऋषियो ने उनकी स्तुति की । भगवान ने सेना सहित खर को मार डाला । तब बाद में अपनी निवृत्ति (मुक्ति) के लिए रावण वन से उनकी पत्नी को हर ले गया । वन से राम की पत्नी का हरण करने के कारण (राम का रा और वन) रावण कहा जाता है, अथवा ससार को रुलाने के कारण भी उसे रावण कहा जाता है । एक बार रावण ने कैलाश पर्वत को उठा लिया था, तब भगवान शकर ने पर्वत को इतना भारी कर दिया कि वह रव करने लगा (चिल्लाने लगा) अत रव करने के कारण भी उसे रावण कहा जाता है । इसके बाद राम एव लक्ष्मण सीता की खोज मे निकल पडे । इसी बीच उन्हे कबंध नामक राक्षस का सामना करना पडा । उन्होंने उस राक्षस को मार डाला । तब वे शबरी के आग्रह पर उसके आश्रम मे गए । इसके बाद वायु पुत्र हनुमान से मिले । भक्त हनुमान ने उनकी पूजा की तथा वानरो के राजा सुग्रीव को बुलाकर उससे उनकी मित्रता कराई । राम-लक्ष्मण ने अपना सारा वृत्तांत उसे बताया । (11-20)

सुग्रीव को राम की वीरता पर सदेह हुआ । तब उसने वाली द्वारा मारे गए दुंदुभि नामक राक्षस का शरीर दिखाया । राम ने बातो-ही-बातों में उसे दूर फेक दिया तथा एक ही बाण से सात वृक्षो को भेद डाला । इस पर सुग्रीव का सदेह दूर हो गया और उसे बड़ी प्रसन्नता हुई । तब वह सुग्रीव के साथ बाली की राजधानी पहुंचे । सुग्रीव ने भयकर गर्जना के साथ बाली को युद्ध के लिए ललकारा । बाली भी इसी प्रकार गरजता हुआ युद्ध के लिए आ गया । दोनो के युद्ध मे बाली राम द्वारा मारा गया । राम ने सुग्रीव का राज्याभिषेक कराया । सुग्रीव ने वानरो को बुलाकर आज्ञा दी कि तुम सभी दिशाओं से भली-भांति परिचित हो, अत· तुम सीता की खोज करो और आज ही उनका समाचार लाकर राम को बताओ ।' इस पर हनुमान समुद्र को लाघकर लंका पहुंच गए । वहा उन्होने सीता को देखा । अनेक राक्षसो को मारकर तथा लका को जला राम के पास आकर सारा विवरण राम को बताया । तब भगवान राम अत्यंत क्रोधित हुए और वानरों को साथ लेकर लका की ओर चल पडे । आक्रमण के लिए पहले लका को अच्छी तरह देखा गया और रावण पर आक्रमण कर दिया गया । इस युद्ध में कुंभकर्ण, इंद्रजीत मेघनाद, रावण आदि मारे गए । विभीषण को लका का राज्य सौपकर सीता को अपनी बायी ओर सुशोभित कर वानरों के साथ राम अयोध्या को चल पडे । वहा वह सिंहासन पर बैठे । वह रघुनदन राम प्रसन्न आत्मावाले धनुर्धर तथा सभी आभूषणो से सुशोभित हैं । (21-30)

उनके दाहिने हाथ में ज्ञानमयी मुद्रा तथा बाए हाथ मे तेज प्रकाशित करनेवाली मुद्रा है । इस प्रकार व्याख्यान में लगे हुए भगवान राम चिन्मय परमेश्वर है । शत्रुघ्न एवं भरत उनके उत्तर-दक्षिण मे तथा हनुमान हाथ जोडे सामने खडे है । यह एक त्रिकोण बनता है । भरत एवं शत्रुघ्न के क्रमश नीचे की ओर सुग्रीव एवं विभीषण खडे है । उनके (राम के) पीछे हाथों मे छत्र एव चवर लिए लक्ष्मण खडे हैं । भरत एव शत्रुघ्न के हाथो में ताड़पत्र के चवर हैं । इस प्रकार लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न भी एक त्रिकोण के आकार में खडे है । यह सब मिलाकर भगवान श्री राम अपने इन दो त्रिकोणों अर्थात छ कोणों के दीर्घ अगो से बैठे है (यह छ कोणों का पहला आवरण है) । इस पहले घेरे के बाद पूर्व

शांतिपाठ .

ॐ भद्र कर्णेभि. शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाक्षभिर्यजत्रा ।
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ॥
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति न बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शाति शाति शाति. ।

'हम कानो से कल्याणमय वचन सुने, नेत्रो से कल्याणमय चीजो को देखें और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करें। इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करे, अमंगलनाशक गरुड और बृहस्पति हमारा कल्याण करें। दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के दु ख शात हो ।'

भगवान गणेश को नमस्कार। हे भगवान गणेश ! तुम प्रत्यक्ष तत्त्व हो। समस्त सृष्टि के केवल तुम्ही बनानेवाले, पालन करने वाले तथा प्रलय करनेवाले हो। यह समस्त जगत ब्रह्म भी तुम ही हो। तुम साक्षात आत्मा हो। मै न्यायपूर्वक सत्य कहता हू। मुझ शिष्य की तथा गुरु की रक्षा करो। श्रोता, दाता एव धारण करनेवाले की रक्षा करो। सामने से, दाहिनी ओर से, पीछे से, बायी ओर से, ऊपर से तथा नीचे की ओर से मेरी रक्षा करो। मेरी चारो ओर से रक्षा करो। तुम वाणी रूप, चिन्मय, आनदमय, ब्रह्ममय, सच्चिदानद, अद्वितीय, प्रत्यक्ष ब्रह्म, ज्ञानमय तथा विज्ञानमय हो। (1-5)

यह समस्त जगत तुमसे ही उत्पन्न होता है, तुममे ही स्थिर है तथा तुम्ही मे लय हो जाता है। यह समस्त जगत तुम्हारे कारण ही प्रतीत होता है। तुम्ही पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एव आकाश हो। तुम्ही वाणी के परा, पश्यती, मध्यमा एव वैखरी, ये चारों रूप हो। तुम सत्त्व, रजस एव तमस, इन तीनों गुणों से, स्थूल, सूक्ष्म एव कारण, इन तीनो शरीरो से तथा भूत, भविष्य एवं वर्तमान, इन तीनो कालों से परे हो। तुम सदा मूलाधार चक्र में स्थित रहते हो। ज्ञान, क्रिया एवं इच्छा, ये तीनों शक्तियां तुम्हारा ही स्वरूप है। योगी नित्य तुम्हारा ही ध्यान करते हैं। तुम्ही ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, यम, इद्र, अग्नि, वायु, सूर्य, चद्रमा, ब्रह्म, भू, भुव, स्व तथा 'ओम' हो। (6)

गणेश का बीज मत्र—इसका प्रथम अक्षर 'ग', दूसरा 'अ', तीसरा 'अनुस्वार'( ) है। इस प्रकार 'ग' गणेश का बीज मत्र है। 'ग' इसका पूर्व रूप, 'अ' मध्य रूप तथा अनुस्वार अत रूप है। उत्तर रूप नाद, बिदु, अनुसधान, संहिता एव सधि हैं। यही गणेश विद्या है। इसके ऋषि, छंद एव देवता क्रमश गणक, नृचद गायत्री एवं महा गणपति हैं। 'एकदत को हम जानते है, वक्रतुड का चिंतन करते है तथा एकदत हमे प्रेरणा दे', यह गणेश गायत्री है। उनका ध्यान इस प्रकार किया जाता है—'एकदत, चतुर्भुज, पाश एव अकुश धारण करनेवाले, अभय वरदान देनेवाले [illegible] मे चूहे के

अग्निकोण, दक्षिण, नैर्ऋत्य आदि आठों दिशाओं मे (भगवान राम के) वासुदेव आदि वैठे है। यह उनका दूसरा आवरण (घेरा) है। जब उनके साथ हनुमान, सुग्रीव, भरत, विभीषण, लक्ष्मण, अगद, शत्रुघ्न, जाम्बवत, धृष्टि,जयंत, विजय, सुराष्ट्र, राष्ट्रवर्धन, अशोक, धर्मपाल और सुमत्र होते है, तो यह तीसरा आवरण बनता है। इद्र, अग्नि, धर्म, वरुण, वायु, चद्रमा, ईशान, निर्ऋति, ब्रह्मा एव अनत इन दसो दिक्पालों से घिरे रहने पर यह चौथा आवरण बनता है। इन दिक्पालों के वाहरी भाग मे आयुध (अस्त्र-शस्त्र) रहते है तथा उन्ही के साथ नल, नील आदि वानर रहते है। इस प्रकार वसिष्ठ एव मामदेव आदि मुनि (यंत्र बनकर) उनकी उपासना करते हैं। (31-39)

कामना सिद्धि हेतु राम-यंत्र का प्रयोग

ऊपर श्रीराम यत्र का संक्षिप्त वर्णन है। अब कामना पूर्ति के लिए इसका उपयोग कैसे हो सकता है, यहा इसी का वर्णन है। पहले दो समकोण त्रिभुज बनाए (जिनकी तीनो भुजाए बरावर हो)। इन दोनों के वीच मे ॐ लिखे हों। दोनो त्रिभुजो के केंद्र में बीज (र) को लिखे। बीज के नीचे कार्य (जो कर रहे हों) तथा ऊपर साधक का नाम लिखें। कार्य कर्मकारक मे तथा साधक सबध कारक मे लिखा जाए (जैसे राजा नामक व्यक्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए यह अनुष्ठान करे, तो कार्य के स्थान पर 'परीक्षा को' और साधक के स्थान पर राजा को लिखा जाएगा)। बीज के दोनो बगलों मे 'करो' शब्द लिखें। यह जो कुछ भी लिखा गया हो, उसके आगे एव पीछे से ॐ लिखा जाए। फिर दोनो त्रिभुजो के छहों कोणो मे दीर्घ बीज (राम) लिखे। फिर प्रत्येक के साथ 'हृदयाय नम' आदि हृदयन्यास लिखे। कोणो के अगल-वगल मे 'श्री' 'ह्री' तथा 'क्लीं' लिखे। कोण की नोक मे 'हु' तथा इसके दोनों ओर 'ऐ' (ऐं हुं ऐं) लिखे। अव तीन वृत्तो से अष्टदल कमल बनाए। फिर इसमे (अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ए, ऐ, ओ, औ) चौदह स्वरो एव 'क'से 'क्ष' तक तीस व्यंजनो सहित कुल सैतालीस अक्षरो को कमल के आठों दलो मे लिखे। इन्हे प्रत्येक दल मे छ-छ अक्षर लिखने पर आठवे दल में पाच ही अक्षर रह जाएगे। वाद मे इसी प्रकार का एक कमल ओर बनाएं। इसके आठों दलों में क्रमश 'ॐ नमो नारायणाय' इस मत्र के एक-एक अक्षर को लिखे और इसके केसर में 'श्री' लिखें। इसके वाहर वारह दलोंवाला कमल वनाए तथा इसके प्रत्येक दल मे 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' इस मत्र के एक-एक अक्षर को लिखे। (40-47)

इस बारह दलवाले कमल के केसर मे 'अ' से 'क्ष' तक सभी अक्षरो को लिखे। इसके बाहर सोलह दलो का कमल वनाए। इसके केसर मे 'ह्री' लिखें। इसके सोलहो दलो मे 'हु फट् नम' तथा इससे पूर्व बारह अक्षरोंवाले मत्र के एक-एक अक्षर को लिखें (फट् एक ही माना जाएगा)। इसके दल के जोडो में हनुमान आदि वीरो के बीज मत्र (ह स भ्र इत्यादि सही-सही लिखे)। इसके बाहर नाद एव विदु से युक्त वत्तीस दलोंवाला कमल बनाए। इनमें मत्रराज (नृसिह मत्र) के वत्तीस अक्षरों को क्रमश लिखें और इन्ही में आठ वसुओ, ग्यारह रुद्रों, बारह आदित्यों एव वषट्का को तथा वषटकार को लिखें और इनके बाहर से भूपुर यंत्र बनाए। इस यत्र के चारो ओर वज्र और कोणो मे शूल बनाए। भूपुर यत्र तीन रेखाओ मे मिला हुआ हो। ये तीन रेखाए सत्व, रजस एव तमस तीनो गुणो की प्रतीक है। इसमे द्वार भी होना चाहिए, इसे राशि आदि से सुशोभित करना चाहिए तथा

चिह्नवाले, ध्वज को धारण करनेवाला, लाल रगवाले, बड़े पेटवाले, सूप जैसे कानोवाले, लाल वस्त्रोंवाले, लाल चंदन लगाए हुए, लाल फूलों से पूजे गए, भक्तों पर कृपा करनेवाले, अच्युत, जगत के कारण, सृष्टि से पहले उत्पन्न, प्रकृति से तथा पुरुष से महान, इस प्रकार के गणपति का ध्यान श्रेष्ठ योगी ही करते हैं। (7-9)

व्रातपति को, गणेश को, प्रथम पति को, लबोदार को, एकदंत को, विघ्ननाशक को, शिव के पुत्र को तथा वरदान देनेवाली मूर्ति को बार-बार नमस्कार हो—इस अथर्वशिर को अध्ययन करनेवाला ब्रह्म को प्राप्त करता है। वह चारों ओर से सुख प्राप्त करता है। कोई भी विघ्न उसे हानि नही पहुंचाता। वह पांच महापापो से मुक्त हो जाता है। इसे सायकाल पढ़ने से दिन के पाप नष्ट होते है। प्रात पढने से रात्रि के पाप नष्ट होते है। साय-प्रात. दोनो कालों में पढने से पाठक निष्पाप हो जाता है और धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष चारो पुरुषार्थो को प्राप्त करता है। इसका ज्ञान अशिष्य (जो शिष्य न हो) को नही देना चाहिए। भूल से भी ऐसा करने पर पापी बनता है। इसके एक हजार पाठ करने से हर इच्छा पूर्ण होती है। इससे गणपति का अभिषेक करनेवाला अच्छा वक्ता बनता है। चतुर्थी में निराहार रहकर जप करने से साधक विद्वान बनता है। ऐसा महर्षि अथर्वण ने कहा है। इस मंत्र से तप करनेवाले को कोई भय नही रहता। दूब के अकुरो से इसके साथ गणेश का पूजन करने पर मनुष्य कुबेर के समान हो जाता है। एक हजार लड्डुओ से पूजन करने पर वाच्छित फल मिलता है। घी एवं समिधा से हवन करने पर सब कुछ प्राप्त हो जाता है। आठ ब्राह्मणो को सही रूप में इसकी दीक्षा देनेवाला सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है। सूर्य-ग्रहण मे किसी महान नदी मे बैठकर या देव प्रतिमा के सामने इसे पढने से मत्र सिद्ध होकर महान विघ्नो से भी मुक्ति मिल जाती हे और महादोष भी छूट जाते है। वह व्यक्ति सर्वज्ञाता हो जाता है।

□

इसमे फणी (शेषनाग) अनत, वासुकि, तक्षक वर्क पद्मक, महापद्म शख एव गुलिक इन आठ सर्पों को बनाना चाहिए। फिर इस यंत्र की दिशाओं एवं उपदिशाओं मे नरसिह बीज मत्र एव कोणों मे वराह बीज मत्र लिखें। नृसिह मंत्र अनुग्रह चद्र नाद शक्ति आदि से युक्त है। यही ग्रहों को शात करता है। अन्त्य वर्ण आड आदि से सपन्न 'हुम' वराह बीज मत्र है। (48-57)

राम के माला मत्र मे सर्वप्रथम प्रणव (ॐ), फिर नम. फिर क्रमशः निद्रा (भ), स्मृति भेद (ग), रुद्रयुक्त कामिका (व), अमर से अलंकृत (ते), अग्नि (र), मेधा (धु), अक्रूर युक्त दीर्घ कला (न), ह्लादिनी (द), दीर्घ युक्त काल (ना) तथा क्षुधा (य) है। इस प्रकार 'ॐ नमो भगवते रघुनदनाय' बनता है। (यह तत्रो की गोपनीय कूटाक्षर शैली है, इसका उद्देश्य सर्वसाधारण से तत्र को दूर करता रहा है। इसमे मत्र को न लिखकर कूट सकेत लिख दिए जाते है। जैसे 'नम' के लिए नति, 'ॐ' के लिए तारक 'भ' के लिए निद्रा आदि लिख दिया जाता है। यह मत्र इस उपनिषद मे इसी शैली मे है।) पूरा मत्र इस प्रकार है—'ॐ नमो भगवते रघुनंदनाय, रक्षोध्नविशदाय, मधुर प्रसन्नवदनायामिततेजसे बलाय रामाय विष्णवे नम ॐ।' यह श्री राम का सैतालीस अक्षरो का राज्याभिषिक्त माला मत्र है। इसे इसी क्रम में लिखना चाहिए। सगुण मत्र होने पर भी यह दैविक, दैविक, भौतिक तीनो कष्टों को नष्ट करता है। यही सर्वात्मक है। इसे प्राचीन काल के विद्वानो ने कहा है। ऋषियों ने इससे अपनी साधना की है। इसकी उपासना करने वालो को नीरोगता, दीर्घायु तथा मोक्ष प्राप्त होता है। इसकी साधना से पुत्रहीनो को पुत्र प्राप्त होते है। धर्म, ज्ञान, वैराग्य, समिति आदि सभी इच्छाए इससे पूरी होती है। इसकी साधना से शीघ्र मनोकामना पूर्ण होती है। यह अत्यत गोपनीय रहस्य है। अयोग्य पात्रो को इस मत्र की दीक्षा नही देनी चाहिए। (58-67)

चतुर्थ खंड

प्रसन्नता के साथ द्वारपूजा करके पद्मासन-पचभूत आदि की शुद्धि करे। श्री राम की पूजा मे सिंहासन का पीठ, नीचे का भाग, ऊपर का भाग तथा अगल-बगल का भी पूजन किया जाता है। पीठ के ऊपर मध्य में अष्टदल कमल की भी पूजा करें। रत्नजटित सिंहासन पर मधुर कोमल बिस्तर की कल्पना करके उस पर ईश्वर रूपी आचार्य का पूजन करें। पीठ के नीचे के भाग मे भगवान के आसन के नीचे आश्रय शक्ति, कूर्म, नाग और पृथ्वीवाले दो कमलो की कल्पना करे। इन सबकी पूजा करें। विघ्न, दुर्गा, क्षेत्रपाल एवं वाणी, इनके पहले बीज लगाकर इनके आगे के लिए (विघ्न के लिए आदि) लगाए। तब इनकी पूजा पीठ के चारों पायो मे क्रमश धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की आग्नेय आदि कोणों मे तथा क्रमश अधर्म, अनर्थ, अकाम एव अमोक्ष की पूर्व आदि दिशाओ मे पूजा करें। पीठ के ऊपर बीच मे सूर्य, चद्र एवं अग्नि की पूजा एव यंत्र में स्थित तीनों गुणो के प्रतीक बीज सहित तीन वृत्तों का ध्यान एव पूजन करें। इसके बाद कमल के आठ दलों की पूजा करें। मध्य दल के अग्निकोण में आत्मा-अंतरात्मा, परमात्मा तथा ज्ञानात्मा की और पूर्व आदि दिशाओ मे विद्या, अविद्या, कला एवं परतत्त्व की, फिर विमला आदि शक्तियों की, फिर मुख्य देवकी आह्वान सहित, अगव्यूह, धृष्टि, लोकपाल आदि की उनके अस्त्र-शस्त्र सहित, वसिष्ठ आदि आठ मुनियो की तथा फिर नील आदि, इन सबकी पूजा करें। बाद में चंदन आदि सुगधित लेपनों के साथ तथा अलकार आदि द्वारा श्री राम की पूजा करें। इसके बाद जप आदि तथा निम्नलिखित ध्यान करे। (1-7)

83. नृसिंहपूर्वतापिनी उपनिषद

शांतिपाठ ·

ॐ भद्र कर्णेभि. शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाताक्षभिर्यजत्रा
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा·
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति. शाति. शाति ।

प्रथम खंड

यह सब जल-ही-जल था । उस जल से कमल के पत्ते में ब्रह्माजी उत्पन्न हुए । उनके मन में इच्छा हुई कि मैं सृष्टि करू । व्यक्ति पहले मन से सोचता है, फिर बोलता है तथा अंत में उस कार्य को करता है । कहा जाता है कि सृष्टि के आरभ में काम की उत्पत्ति हुई । ज्ञानी लोग सदा मन में रहनेवाले आत्मा को खोजते रहते हैं । वे काम को आत्मा के लिए बंधन मानते हैं । उनके मत के अनुसार मन में काम की उत्पत्ति होती है । सृष्टि के पूर्व केवल जल ही था, अतः वही विश्व का कारण है, यह जाननेवाला विद्वान जो भी इच्छा करता है, उसे उसकी चाही गई वस्तु मिल जाती है । प्रजापति ने तपस्या प्रारंभ की तब उन्हें अनुष्टुप छंद में उत्पन्न मंत्रराज नरसिंह मंत्र प्राप्त हुआ । इसी मत्र के प्रभाव से उन्होंने उस दिखाई देनेवाले विश्व की रचना की । इसीलिए इस विश्व को मंत्रराज अनुष्टुपमय कहा जाता है । इसी से समस्त भूत पैदा हुए । इसी के कारण प्राणी जीवित रहते हैं तथा इस लोक को त्यगाने पर इसी में लीन हो जाते हैं । यह अनुष्टुप वाणी ही लोकों को बनानेवाली है । वाणी से मनुष्य जन्म मृत्यु को प्राप्त होते हैं और वाणी अनुष्टुप ही है । यह अनुष्टुप छंद अन्य छदों में श्रेष्ठ है । (1)

इस मत्र का प्रथम चरण का रूप सागर, पर्वत, सातों द्वीपोंवाली पृथ्वीवाला है । दूसरा चरण यक्ष-गधर्व-अप्सराओं से युक्त है । तृतीय चरण में वसु, रुद्र और आदित्य देवता सहित द्युलोक और चतुर्थ चरण के रूप-माया रहित, पवित्र, परम व्योम युक्त ब्रह्म रूप है । इन सभी को जाननेवाला अमरता पद पाता है । इस मंत्र के चार चरण हैं, जो अपने अंगों सहित चारों वेद ही हैं । इसके ध्यान का क्या रूप है ? इसका देवता, अग, गण, छंद और ऋषि यह सब क्या और कौन हैं ? इसके समाधान में ब्रह्मा बताते हैं कि 'बीज से युक्त इस आठ अक्षरों के प्रत्येक चरणवाले मंत्र को जो साम का ही अग मानता है, वह संपत्ति से युक्त होता है । सभी वेदों के आरंभ में प्रणव है, अतः जो इसे प्रणव का और सोम का अंग मानता है, वह तीनों लोकों में विजय प्राप्त कर लेता है । चौबीस अक्षरों वाले महालक्ष्मी मत्र को यजुर्वेद एवं साम का अंग माननेवाला आयु यश, कीर्ति, ज्ञान एवं ऐश्वर्य प्राप्त करता है । अंगों सहित साम को जाननेवाला अमृतत्व प्राप्त करता है । अतः इसे अगों सहित

शंख, चक्र, गदा एवं कमल धारण करनेवाले सच्चिदानंद स्वरूप भगवान श्रीराम अत्यत महिमावाले तथा संसार के आश्रय हैं। वे सांसारिक बंधनों को नष्ट करनेवाले है। 'उन परमेश्वर भगवान को मै नमस्कार करता हूं।' इस प्रकार स्तुति करनेवाले उपासक नि सदेह मोक्ष पाते है। अपनी लीला को समेटकर भगवान राम शंख, चक्र, गदा एवं पद्म के साथ अंतर्धान हो गए। अपने वास्तविक रूप को धारण करके सीता एवं लक्ष्मण के साथ वे अपने लोको में चले गए। उनके साथ ही उनका परिवार, उनकी प्रजा, विभीषण आदि भी उसी परम धाम मे पहुच गए। उनके भक्त मनचाहे भोगों को प्राप्त करते है। अत में उन्हें परमपद मिलता है। ये ऋचाए समस्त कामनाओ तथा अर्थो को देनेवाली है। इनके पढ़नेवाले पवित्र होकर मोक्ष प्राप्त करते है।

□

जानना चाहिए। ज्ञानी प्रणव, गायत्री एवं यजुष के रूप महालक्ष्मी मत्र को कुपात्रों को नही बताते, क्योंकि इसे जान लेने पर भी इन्हे अच्छी गति नही मिलती। अत इस विषय मे सावधान रहना चाहिए। ऐसे लोगों को मंत्र देनेवाला गुरु नीच गति को प्राप्त करता। (2-3)

संपूर्ण विश्व, प्राणी, इद्रियां, पशु, अन्न, अमृत, सम्राट, स्वराट एवं विराट् इस मत्रराज साम का प्रथम चरण मानें। चारों वेद, सूर्य एवं इसके मंडल में स्थित पुरुष को इसका द्वितीय चरण समझे। तृतीय चरण समस्त औषधियो, तारों तथा चंद्रमा को समझना चाहिए। ब्रह्मा, शिव, विष्णु, इद्र, अग्नि और अक्षर ब्रह्म इसका चौथा चरण समझा जाए। इसे जाननेवाला अमृतत्व प्राप्त करता है। इसके प्रथम चरण का प्रथम अश 'उग्र', द्वितीय चरण का प्रथम अश 'ज्वल', तृतीय चरण का 'नृसिह' तथा चौथे चरण का प्रथम अंश 'मृत्यु' है। इन्हें साम समझना चाहिए। इसका ज्ञाता अमृतत्व पाता है। अत· यह मत्र जिसे देना हो, उसकी अच्छी तरह परीक्षा लेनी चाहिए। इसका उपदेश केवल सदाचारी शिष्य या पुत्र को देना चाहिए। (4)

क्षीर सागर मे सोया हुआ भगवान का रूप परम पद है। इसे योगियो के लिए समझना चाहिए। इसका ज्ञाता अमृतत्व पाता है। इसे अनुष्टुप मत्र के प्रथम चरण के पूर्वार्ध (पहले आधे) भाग का अतिम अश 'वीर' दूसरे चरण के पूर्वार्ध का अतिम 'त', तीसरे के पूर्वार्ध का अतिम 'भी' तथा चतुर्थ चरण के पूर्वार्ध का अतिम अश 'मृत्युम्' है। इस जानने योग्य साम का ज्ञाता अमृतत्व पाता है। आचार्य के मुख से इसका ज्ञान पानेवाला इसी शरीर से भवसागर से पार हो जाता है और उसके सपर्क में आनेवाले लोगो को भी वह इस बधन से मुक्त करता है। ससार की माया मे पडा हुआ प्राणी भी इसे सुनकर मुक्ति की इच्छा करता है। इस मत्र के जप से इसी शरीर से भगवान नृसिह के दर्शन होते है। कलियुग मे मुक्ति का इससे सरल उपाय नही है। अत इसे उचित रीति से जाननेवाला अमृतत्व पाता है। (5)

भगवान नृसिह ऋत एवं सत्य ब्रह्म हैं। वे काले-पीले रग के सिह एव पुरुष की मिली-जुली आकृतिवाले है। वे भयंकर आंखोंवाले नीले लोहित शकर हैं, उमापति, पशुपति, पिनाकी तथा अनंत तेजवाले है। वे सभी विद्याओ और प्राणियों के स्वामी है। वे देवताओ एव ब्रह्मा के भी पति है। यजुर्वेद का अर्थ उन्ही का रूप है। उन्हें साम ही समझना चाहिए। ऐसा ज्ञाता अमृतत्व पाता है। मंत्रराज अनुष्टुप के प्रथम चरण के उत्तरार्ध (बादवाला आधा भाग) का पहला अश 'महा', दूसरे चरण के उत्तरार्ध का पहला अश 'सर्वतो', तृतीय के उत्तरार्ध का प्रथम अश 'पण' तथा चतुर्थ का 'नमा' है। इसका ज्ञाता अमरता पाता है। अत इसे साम समझें। यह साम सच्चिदानद रूप है। इसे जाननेवाला इसी शरीर से अमृतत्व पाता है। इसे अगों सहित जानना चाहिए। इस ज्ञान से व्यक्ति से मुक्ति एव अमरता प्राप्त होती है। (6)

विश्व की रचना करनेवाले प्रजापति ने इसी मत्र से जगत की रचना की। अत वे विश्व के रचयिता बने। यह विश्व साम से ही प्रकट हुआ। इस रहस्य को जाननेवाला ब्रह्मलोक तथा उसके पद को प्राप्त करता है। इसे अगों सहित जाननेवाला ससार चक्र से मुक्त होकर अमृतत्व प्राप्त करता है। इस मत्र के प्रथम चरण का अतिम शबद 'विष्णु', द्वितीय चरण का अतिम शब्द 'सुप्र', तृतीय का 'भद्र' तथा चतुर्थ का अंतिम शब्द 'म्यहम्' है। इसका ज्ञाता अमृतत्व पाता है। प्रजापति

80. गोपाल पूर्वतापिनी उपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभि शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिभिर्यजत्रा
वासस्तुभिर्व्यशेम देवहित यदायु. ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ।

ॐ शाति. शाति. शाति· ।

'सच्चिदानंदस्वरूप, सरलता से सारे कार्य करनेवाले वेदात द्वारा जानने योग्य बुद्धि के साक्षी एव गुरुरूपी भगवान श्री कृष्ण को मै नमस्कार करता हूं ।' एक बार मुनियों ने ब्रह्मा से पूछा, 'कौन परम देव है ? मृत्यु किससे डरती है ? किसे जान लेने पर संपूर्ण ज्ञान हो जाता है ? और यह विश्व किसकी आज्ञा से घूमता है ?' इस पर ब्रह्माजी ने उत्तर दिया, 'कृष्ण ही परम देवता है । मृत्यु उन्ही से डरती है । गोपियों के प्रिय कृष्ण को जान लेने पर समस्त ज्ञान हो जाता है । स्वाहा (माया) विश्व को घुमाती है ।' ऋषियों ने फिर पूछा, 'गोविद, गोपी वल्लभ और स्वाहा, ये कौन है ?' ब्रह्मा बोले—'पापों को नष्ट करनेवाले तथा गाय, भूमि एव वेदों को जाननेवाले गोविद श्री हरि ही है । वही माया और सकल परम ब्रह्म है । जो उन्हें जानता है और उन्हें भजता है, वह अमर हो जाता है ।' ऋषियों ने पूछा, 'भगवान कृष्ण के किस रूप का ध्यान करना चाहिए ? उनके नाम का अमृत रस कैसे प्राप्त किया जा सकता है ? और उनका भोजन कैसे करें ?' ब्रह्मा बोले, 'उनके ग्वाले के रूप का ध्यान करना चाहिए । उनका रग नए नीले बादल के समान है, किशोर अवस्थावाला है और वह दिव्य कल्पवृक्ष के नीचे बैठे हुए है । वे गोपियों एवं ग्वालो से घिरे हुए और अत्यत सुदर है । यमुना की लहरो से शीतल बनी वायु उनकी सेवा कर रही है । ऐसे रूप का ध्यान करनेवाला ससार के बधनो से छूट जाता है । (1-3)

'उनके मत्र के आरभ में काम (क्लीं) है, पहला पद कृष्णाय, दूसरा गोविदाय तथा तीसरा पद गोपीजनवल्लभाय है । (पूरा मत्र 'क्लीकृष्णाय गोविदाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा') इसके अत मे स्वाहा का उच्चारण करने से शीघ्र ही भगवान कृष्ण से मिलन एवं मुक्ति होती है । इसके अतिरिक्त कोई मार्ग नही है । इसी का भजन करना भक्ति है । अपनी समस्त कामनाओ को त्यागकर मन आदि को उन्ही में समर्पित कर देना भजन है । यही वास्तविक सन्यास भी है । वेदज्ञ उनका अनेक प्रकार से भजन करते हैं । भक्त गोविद नाम से उपासना करते हैं, वे ही गोपीजनवल्लभ संसार के पालक हैं, जो अपनी स्वाहा से जगत का निर्माण करते हैं । जैसे एक ही वायु शरीरो मे पाच रूपों मे रहता है, वैसे ही समस्त जगत में एक कृष्ण ही व्याप्त है । इस मंत्र मे उनके पांचों नाम एक ही कृष्ण को वताते हैं ।' मुनियों ने पूछा, 'जगत के आश्रय कृष्ण की उपासना कैसे की जाती है ?' ब्रह्माजी ने वताया, 'सोने का एक आठ दलोंवाला कमल बनाए । इसके बीच में परस्पर संपुटित दो त्रिकोण

ने इन तत्त्वो को जाना। इस अनुष्टुप की स्थिति ब्रह्म मे ही है। इसे इसी प्रकार जाननेवाला ज्ञानी अमृतत्व पाता है। स्त्री हो या पुरुष जो भी इस लोक मे सदाचार से आनद मे स्थित होना चाहते है, उन्हें भगवान नृसिह समस्त ऐश्वर्य प्रदान करते है। परमात्मा को प्राप्त करने का इच्छुक चाहे कही भी मृत्यु को प्राप्त हो,उसे इस तारक मत्र का जप करना चाहिए। प्रजापति साम के अग है। अत वही तारक मंत्र है। उन्होने ही इसके प्रथम बार दर्शन किए। इस सबको सच्चा साधक जानता है। इसे जानकर पुरश्चरण करनेवाला साक्षात महाविष्णु ही बन जाता है। (7)

द्वितीय खंड

मृत्यु,पाप एव संसार से डरे हुए देवता ब्रह्मा के पास पहुचे। ब्रह्माजी ने उन्हे मत्रराज अनुष्टुप दिया। इस मत्र से उन्होने मृत्यु को जीत लिया,वे पापो से मुक्त हो गए तथा उन्होने ससार पर भी विजय प्राप्त कर ली अत मृत्यु,पाप एव संसार से डरा हुआ व्यक्ति इस मत्रराज अनुष्टुप को ग्रहण करे। इससे वह मृत्यु,पाप एव ससार-चक्र से पार हो जाता है। प्रणव भी इसी मत्र का अग है। प्रणव की प्रथम मात्रा का लोक पृथ्वी,वेद ऋग्वेद,देवता,ब्रह्मा तथा छद गायत्री है। यह वस्तु देवो का गण है तथा गार्हपत्य अग्नि का रूप है। ये सभी प्रणव की प्रथम मात्रा 'अ' मे स्थित है तथा ये ही साम का प्रथम चरण भी है। प्रणव की दूसरी मात्रा 'उ' में अतरिक्ष,यजुर्वेद,विष्णु एव रुद्र देवताओ का गण,दक्षिणाग्नि तथा त्रिष्टुप छद है। यही साम का दूसरा चरण है। प्रणव की तृतीय मात्रा 'म' है। इसमें द्युलोक,सामवेद,रुद्र-आदित्य गण जगती छद तथा आह्वनीय अग्नि है। यही साम का तीसरा चरण है। प्रणव की चौथी मात्रा नाद रूप अर्धमात्रा है इसमे चद्र लोक, ओकार ब्रह्म, अथर्ववेद, सवर्तक अग्नि,मरुत गण,विराट् छद एव ब्रह्मा ऋषि है। यह ब्रह्म रूप अत्यत प्रकाशमान मात्रा है। यही साम की चौथी मात्रा है। (1)

इसके प्रथम चरण मे आठ अक्षर है। शेष तीन चरणो मे भी आठ-आठ अक्षर है। इस प्रकार इसमे बत्तीस अक्षर होते है। इस समस्त जगत की उत्पत्ति अनुष्टुप से ही हुई तथा इसी मे इसका सहार भी होता है। चार चरण इसके चार अग है। प्रणव इसका पाचवा अग है,जो क्रमश हृदय, सिर,शिखा,कवच (कधे) एव अस्त्र रूप है। अत मनुष्य शरीर के समान ही इनका अगो से सयोग करें। सपूर्ण लोको के समान प्रणव एव अनुष्टुप मत्र के अग आपस मे मिले हुए है। प्रणव विश्व रूप है,अत अनुष्टुप के प्रत्येक अक्षर मे प्रणव (ॐ) का सपुट देना चाहिए, अर्थात इस मत्र के प्रत्येक अक्षर के आगे और पीछे ॐ लगाना चाहिए। ब्रह्म को जाननेवाले इसके प्रत्येक अक्षर के न्यास के विषय मे कहते है। (2)

इस मत्र का प्रथम शब्द 'उग्रम' है,इसका ज्ञाता अमृतत्व प्राप्त करता है। द्वितीय स्थान 'वीरम', तृतीय 'महाविष्णुम' चतुर्थ 'ज्वलंतम', पचम 'सर्वतोमुखम', छठा 'नृसिहम' सातवा 'भीषणम', आठवा 'भद्रम' नवा 'मृत्युमृत्युम',दसवा 'नमामि' तथा ग्यारहवा 'अहम' है। पूरा मत्र इस प्रकार बनता है.

उग्र वीरं महाविष्णुम्

ज्वलंतं सर्वतोमुखम्।

वनाएं। कोणों की कर्णिका में 'क्लीं' लिखें तथा प्रत्येक कोण में 'क्लीं कृष्णाय नम' इस मत्र के एक-एक अक्षर को लिखें। फिर ब्रह्मा मत्र तथा काम गायत्री विधि सहित लिखकर इसके आठो ओर शूल वनाकर पृथ्वी मंडल वनाएं। इसे अंग,वासुदेव,रुक्मिणी,इद्र आदि के आठ घेरो से युक्त करे और पूजा करे। तीनों संध्याओ में सोलह उपचारों से इसकी पूजा करने से साधक को सव कुछ प्राप्त हो जाता है। भगवान कृष्ण एकमात्र ईश्वर,वशी,सवमें व्याप्त,प्रशंसनीय और अनेक रूपोवाले हैं। इस पीठ की नित्य पूजा करने से सदा रहनेवाला सुख मिलता है। भगवान कृष्ण सभी साधकों की कामनाएं पूर्ण करते हैं। वे नित्यों मे नित्य एवं चेतनों मे चेतन है। जो इस गोप रूपवाले कृष्ण को जान लेता है,वह विष्णु के परम पद को प्राप्त करता है। (4-8)

'कृष्ण ही सर्वप्रथम ब्रह्मा को पैदा करके उन्हे वेदो का ज्ञान देते है। वही समस्त प्राणियो को वुद्धि का प्रकाश देते है। मोक्ष के इच्छुक उन्ही की शरण मे जाए। भगवान कृष्ण के पाच पदोवाले मत्र मे 'ओम' का संपुट लगाकर जप करनेवाला शीघ्र उनके दर्शन करता है। अत मोक्ष प्राप्ति के लिए तथा शांति के लिए इसका नित्य जप करे। इसी पचपदी मत्र से अन्य मत्र भी पैदा हुए है,जो मनुष्य का हित करनेवाले है। इद्र आदि देवता इन्ही मंत्रों की साधना से ऐश्वर्य प्राप्त करते हे। (9)

ब्रह्माजी ने आगे वताया,'जव मेरी तीन चौथाई अवस्था परमेश्वर का ध्यान और स्मरण करते हुए वीत गई,तव मुझे दर्शन देकर उन्होने ज्ञान दिया। यह ज्ञान अठारह अक्षरो के मत्र का था। फिर उन्होने मुझे सृष्टि रचना की प्रेरणा दी। (क्लीं कृष्णाय गोविंदाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा) इस मत्र के 'क्लीम्' के 'क्,ल्,ई,म्' से मैने क्रमश जल,पृथ्वी,अग्नि,चंद्रमा की तथा 'क्लीम्' से सूर्य की रचना की। 'कृष्णाय' से आकाश एवं वायु की,'गोपीजनवल्लभाय' से स्त्री-पुरुप की तथा 'स्वाहा' से चराचर विश्व की रचना की। इसी मत्र से प्राचीनकाल में राजा चद्रध्वज को आत्मज्ञान हुआ था। इसी मंत्र से भगवान के गो-लोक की प्राप्ति होती है। (10)

'हे मुनियो । जैसे मै भगवान की स्तुति करता हू,वैसे ही आप लोग भी इस मत्र से भगवान कृष्ण की आराधना करे। इसी मे केवल परमपद की प्राप्ति होगी। वाणी,मन आदि उन तक कभी नही पहुच सकते। अत परमेश्वर कृष्ण का ही ध्यान करना चाहिए। उनके ही नाम का रस पीना चाहिए। नित्य उन्ही का भजन करना चाहिए।

□

इसे जाननेवाला अमरता पाता है। यह अनुष्टुप ग्यारह शब्दोवाला है। इसी प्रकार समस्त जगत की रचना हुई। इसी के द्वारा सबका उपसहार भी होता है। अत यह सब इसी की महिमा है। इसका ज्ञाता अमरता प्राप्त करता है। (3)

इसमे 'उग्र' शब्द का देवताओ द्वारा कारण पूछे जाने पर ब्रह्मा बोले, 'नृसिह अपनी महिमा से सभी लोको, देवों, आत्माओ, प्राणियो एव भूतो को ऊपर उठाते हैं। वे ही सृष्टि, पालन, सहार तथा लय करते हैं। स्वय भी तथा दूसरो से भी अनुग्रह करते और कराते है। अत उन्हे उग्र कहा जाता है। ऋग्वेद मे कहा है कि वेद जिनको स्तुति करते है, उनकी स्तुति करो। वे हदय मे रहनेवाले, युवा, सुदर, सिहरूप होने पर भी अभयकर, कृपालु एव दु ख हरनेवाले है, अत उग्र कहे जाते है।' 'वीर शब्द का कारण पूछे जाने पर ब्रह्मा ने बताया 'वे ही सभी लोक, देव, प्राणी आदि की सृष्टि, पालन तथा सहार के साथ ही अनेक प्रकार कर्म करते है। ऋग्वेद मे उन्हे वीर, भक्तो पर कृपा करनेवाला, सोमरस निकालनेवाला तथा देवताओ को बनाने की इच्छा करनेवाला कहा गया है। अत वे वीर है। उन्हें महाविष्णु क्यो कहा जाता है ? इसके विषय मे ब्रह्मा ने बताया, 'वे सभी लोको, देवो आदि मे व्याप्त है। मांस मे चिकनाई के समान वह सारे शरीर मे व्याप्त है।' प्रलय मे ससार भी लय हो जाता है। इस महिमा के विषय मे ऋग्वेद मे कहा गया है कि वह सर्वव्यापक ससार मे फैले है, प्रजापालक, उपास्य, अद्वितीय एव सोलह कलाओ के तेज वाले है। अत वह महाविष्णु कहे जाते है। (विष्णु का अर्थ व्यापक है)। 'ज्वलतम' शब्द का कारण इस प्रकार बताया गया है—'वे अपने तेज से समस्त लोको, देवो आदि को प्रकाशित करते हुए स्वय भी तेजयुक्त है। सूर्य आदि सब उन्ही के तेजवाले है। ऋग्वेद मे कहा है कि वे सविता (सूर्य) है, प्रसविता भी है। वे अपने प्रकाश से अन्यो को प्रकाशित करते है तथा स्वय भी प्रकाशित रहते है। स्वय भी तपते है, अन्यो को भी तपाते है। सब प्रदार्थ उन्ही की शोभा से शोभावाले है। अत उनके लिए यहा ज्वलत शब्द आया है। (1)

देवताओ ने फिर सर्वतोमुख शब्द का कारण पूछा तब ब्रह्मा बोले—'वह सभी लोको, देवो आदि को इद्रियां न होने पर भी सब ओर से देखता है, सुनता है, प्राप्त करता है तथा सभी ओर को चलता है।' ऋग्वेद में कहा गया है कि वह सृष्टि से पूर्व अकेला था। स्वय ही इतने रूपो मे हो गया। वही उत्पन्न, पालन तथा सहार करता है। वह सर्वतोमुख (सब ओर मुखोवाला) है। हम उसे नमस्कार करते है। ऐसा वेदो मे भी कहा गया है (वेदो को सबसे बडा प्रमाण माना गया है) अत वह सर्वतोमुख है, 'नृसिह' का कारण इस प्रकार बताया है—मनुष्य श्रेष्ठ प्राणी है, पराक्रम मे सिह श्रेष्ठ है। उनमे ये दोनों श्रेष्ठताए है। उन्होने इसीलिए ऐसा रूप धारण किया। वेदो मे कहा गया है कि विष्णु सिह का रूप धारण करके स्तुतिकर्ताओ के सामने प्रस्तुत होते है। सिह रूप रखने पर भी वह भक्तो के लिए भयकर नही होते इत्यादि कारणों से उन्हे नृसिह कहा जाता है। भीषण की सार्थकता ब्रह्माजी ने इस प्रकार बतायी है—इनकी भीषणता मे सभी लोक आदि भयभीत हो जाते है, पर यह किसी से नही डरते। वेदो मे आया है कि इन्ही के भय मे सूर्य समय पर उगता है। वायु, अग्नि, रुद्र, मृत्यु आदि इन्ही के भय मे उचित कार्य करते है, इसीलिए यहा भीषण कहा गया है। 'भद्र' का

61. शाटयायनीयोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ पूर्णमद पूर्णमिद पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शाति शाति शाति ।

वह ब्रह्म पूर्ण है, यह जगत भी पूर्ण है । उस पूर्ण ब्रह्म से इस पूर्ण (जगत) की उत्पत्ति हुई है, अत उस पूर्ण ब्रह्म से यदि इस पूर्ण (जगत) को पृथक् भी कर दें तो पूर्ण ही शेष रहता है ।

विषयी मन बंधन का तथा निर्विषयी मन मोक्ष का कारण है । मन जितना विषयो में लगता है उतना यदि ब्रह्म में लगे, तो मुक्ति अवश्यभावी है । विषयो में लगे चित्त को प्रयत्नपूर्वक शुद्ध करने से सनातन ब्रह्म से तन्मय होता है । वेद को न माननेवाला ब्रह्म को भी नही मानता और उसे ब्रह्मधाम भी नही प्राप्त होता । तत्त्व का ज्ञाता उसको जानकर ज्ञानवान बनता है । निष्काम वेदज्ञ उस सत्य से भी ऊचे ब्रह्म को जानकर विषय रहित एव शात हो जाते है । वे मुनि किसी भी आश्रम मे क्यों न रहे, अंतिम सन्यास आश्रम मे पच मात्राओ को धारण कर मोक्ष प्राप्त करे । इसमे त्रिदंड उपवीत, कौपीन, शिक्य पवित्र को जीवन पर्यत धारण करें । ये ब्रह्म मात्राए है, इन्हे मृत्यु पर ही भूमि मे गाडना चाहिए । ये व्यक्त एवं अव्यक्त दो प्रकार के है, जिनमें से एक का भी त्याग करने पर पतन होता है । वेदों के अनुसार त्रिदंड वैष्णव चिह्न विप्रों को मुक्ति देनेवाला तथा सभी धर्मो का निर्वाण है । (1-10)

कुटीचक्र, बहूदक, हस एव परमहस चारों प्रकार के सन्यासी विष्णुचिह्न, शिखा, जनेऊ धारण करनेवाले शुद्ध चित्त, अपने को ब्रह्म माननेवाले, चित्तरूप की उपासना मे लगे नियमशील आदि से युक्त होते है । चारों प्रकार के संन्यासी जीवनचर्या के कारण ही भिन्न है । चिह्नों का त्याग कोई नही करता । सभी पंचयज्ञ करते है, ब्रह्म विद्या के वेत्ता होते है, ससार ब्रह्म को त्याग कर उसके मूल (ब्रह्म) के सहारे रहते है । कर्मकांड को छोडकर केवल रस-रूप विष्णु के साथ खेलते है, उन्हीं की अर्चना करते है । तीन प्रकार की शक्ति से स्नान, तर्पण, मार्जन आदि उन्हे अवश्य करने चाहिए । दस प्रणवो के साथ, चार पदवाली गायत्री का जाप सात व्याहतियों से तीनो सधियो से करना चाहिए, भगवान को गुरु मानकर योग यज्ञ करना चाहिए । मन-वाणी-कर्म से अहिसा तप यज्ञ है । नाना उपनिषदो का अभ्यास स्वाध्याय यज्ञ है । ब्रह्म रूप अग्नि मे 'ओम' उच्चारण से आहुति देना श्रेष्ठ ज्ञान यज्ञ है । ज्ञान रूपी शिखा-दड-उपवीत वाले का ब्रह्म ज्ञान ही सफल होता है, यह वेदो का मत है । काम, क्रोध, ममता, मान-अपमान आदि को त्यागकर वृक्ष की तरह अचल रहनेवाले सन्यासी इसी लोक में जीवन्मुक्त विदेह हो जाते है । ये पालन-पोषण के लिए पुत्रादि को नही देखते । सुख-दु ख को सहते हुए आत्मा की खोज मे घूमते रहते है । दड आदि युक्त जटाधारी अथवा मुडित, जनेऊ सहित देह ही इनका परिवार है । केवल प्राणो के लिए ही ये मांगकर या बिना मागे भिक्षा लेते है । (11-20)

कारण यह है कि भद्र का अर्थ कल्याण है। भगवान कल्याणस्वरूप हैं तथा दूसरो का कल्याण करते हैं। स्वय शोभा एव कातियुक्त है, दूसरों को भी शोभा एव काति देते हैं। वेदो में आया है कि देवताओं, हम कानों से कल्याणमय शव्द सुनें और आखों से कल्याणकारी दृश्य देखे। इत्यादि कारणों से भगवान को भद्र कहा गया है। मृत्युमृत्यु क्यों कहा गया है? इस पर ब्रह्मा बोले, 'वे अपने भक्तों के स्मरण पर उनकी मृत्यु एव अकाल मृत्यु को दूर करते हैं।' वेदों ने कहा है कि जिनकी आज्ञा को देवता मस्तक झुकाकर स्वीकार करते है, जिनकी छाया अमृत रूपी है, जो आत्मा को शक्ति देते हैं और जो मृत्यु की भी मृत्यु है, हम ऐसे भगवान की आराधना करते है। इसीलिए उन्हें मृत्युमृत्यु (मृत्यु की मृत्यु) कहा गया है। 'नमामि' शव्द के विषय मे उन्होने बताया कि भगवान को सभी देवता, मुमुक्षु, ब्रह्मवेत्ता आदि नमस्कार करते है। वेद कहते है कि जिसे लक्ष्य करके ब्रह्मा स्तुति करते हुए नमस्कार करते हैं वह ब्रह्मा एव वेदों का रक्षक है। अत यहा नमामि शव्द आया है। मत्र के अत मे आए 'अहम' शव्द के विषय मे ब्रह्मा बोले कि वेदो में कहा गया है—'मै अमृत का स्रोत हू। देवताओं से पहले प्रकट हुआ हू। इस व्यक्त एव अव्यक्त ससार मे सर्वप्रथम हू। अत यहा अहम (मैं) शव्द आया है।'

तृतीय खंड

देवताओ ने प्रजापति से कहा, 'हमे मत्रराज अनुष्टुप की शक्ति एव वीज का उपदेश दीजिए।' ब्रह्माजी बोले, 'इस विश्व की रचना, रक्षा एव विनाश करनेवाली माया ही इस मत्र की शक्ति है। अत यह माया ही शक्ति है। माया की इस शक्ति को जाननेवाला पाप, मृत्यु और ससार से मुक्त होकर अमृतत्व प्राप्त करता है तथा उसे महान सपत्तिया प्राप्त होती है। ब्रह्म को जाननेवाले जानते हैं कि यह माया ह्रस्व है, दीर्घ है अथवा प्लुत है। अत इसे ह्रस्व रूप में मानने वाला इसके द्वारा अपने समस्त पापों को भस्म करके अमृतत्व पाता है। इसके दीर्घ रूप को जाननेवाला महान ऐश्वर्य पाकर अमर होता है तथा इसके प्लुत रूप को जाननेवाला महान ज्ञाता बनकर अमृतत्व प्राप्त करता है। ऋषियों ने कहा है कि हे विदुमय स्वर। माया मे, ससार सागर से पार होने के लिए साधना के लिए दीर्घायु चाहता हू। अत मै विष्णु आदि की लक्ष्मी, अविका, सरस्वती आदि शक्तियो का आश्रय लेता हू। तुम सभी शक्तियों से मेरी रक्षा करो। सभी प्राणी आकाश से ही जन्म लेते हैं, इसी के आश्रय मे रहते हैं और अपनी देह त्यागते है, अत आकाश ही वीज है। कहा गया है कि भगवान अपने परम धाम मे स्वय प्रकाशित हैं, वे अतरिक्ष मे रहते है, वे अतिथि, यज्ञवेदी की अग्नि, होता तथा आकाश में रहनेवाले है। इसे जाननेवाला अमरता प्राप्त करता है।

चतुर्थ खंड

प्रजापति से देवताओं ने निवेदन किया कि उन्हें मत्रराज अनुष्टुप के सहायक मत्रो को बताए। इस पर प्रजापति ने बताया, 'प्रणव, यजुर्लक्ष्मी, सावित्री तथा नृसिह गायत्री इस मत्र के अग (सहायक) मत्र हैं। 'ओंकार' अक्षर की महिमा ही यह सब जगत है। भूत, भविष्य और वर्तमान तथा इन तीनों से परे भी सब यही ओंकार है। जागृत अवस्था एवं स्थूल विश्वरूप, सातो लोकों के अंगोवाले

छ पत्तो मे षडक्षर सुदर्शन मत्र का, आठ दलो मे अष्टाक्षर नारायण मत्र का, बारह दलो मे बारह अक्षरोवाले वासुदेव मत्र का, सोलह दलो मे बिदु सहित मातृकाओ का तथा बत्तीस दलो मे मत्रराज अनुष्टुप का न्यास करना चाहिए। यह अनुष्टुप मत्र सभी कामनाओ को पूर्ण करनेवाला, मोक्ष देनेवाला तथा ऋक, साम एव यजुर्वेदमय है। अत यह अमृतमय है। इसके पूर्व, पश्चिम, उत्तर एव दक्षिण मे क्रमश आठ वसु, बारह आदित्य, विश्वेदेव तथा एकादश रुद्र रहते है। नाभि में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तथा बगलो मे सूर्य एव चद्र रहते है। ऋचाओ मे भी कहा गया है—'भगवान नृसिह परम व्योम मे रहते है और उन्ही मे सभी देवता स्थित है। अत जो इन्हे नही जानता, उसे ऋचा पढने से कोई लाभ नही है। इन्हे तथा इस महा सुदर्शन चक्र का ज्ञाता यदि बालक अथवा युवक भी हे, तो वह महान है और गुरु के समान है। अनुष्टुप मत्र से हवन तथा महाचक्र राक्षसो और मृत्यु के भय से रक्षा करता है। इसे गुरु से मत्र रूप मे लेकर कठ, बाजू या शिखा मे बाधे। इस मत्र के उपदेशक गुरु को दक्षिणा मे यदि सातो द्वीपोवाली पृथ्वी भी दे दी जाए, तो यह कम ही हैं। अत श्रद्धानुसार जो कुछ भी दिया जाए, वह उचित है। (2)

देवताओ द्वारा पूछे जाने पर प्रजापति ने इस मंत्र का फल इस प्रकार बताया कि इस मत्र को नित्य जपनेवाला अग्नि के समान, वायु के समान, आदित्य, सोम, सत्य, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र आदि सभी देवताओ के समान पवित्र हो जाता है। (3)

□

उन्नीस मुखोंवाले वैश्वानर ही नृसिंह के प्रथम चरण हैं। स्वप्नावस्था और इससे प्रभावित विश्व इन्ही का स्थान है। आंतरिक संसार में इनका ज्ञान फैला हुआ है। वह सातों लोक रूपी अगों, उन्नीस मुखोंवाले सूक्ष्म विश्व के कर्ता, भर्ता एव हर्ता हैं। ऐसा तैजस पुरुष उनका द्वितीय चरण है। सुषुप्ति में जब सोया हुआ पुरुष कोई स्वप्न नही देखता यह स्थान एकीभूत, प्रज्ञानघन आनदमय चैतन्य प्राप्त उनका तृतीय चरण है। यही सर्वेश्वर सभी प्राणियों में व्याप्त उनकी योनि उत्पत्ति का स्थान न होते हुए भी यह न तो अंतप्राज्ञ है, न बाहर प्राज्ञ है एवं दोनों ओर से भी प्राज्ञ नही है और न अप्राज्ञ ही है। यह रूप, रस आदि का विषय भी नही है। ऐसा अव्यक्त, चिन्मय, निराकार अद्वितीय ही उनका चतुर्थ चरण है। उसी को आत्मा समझना चाहिए। (1-2)

सावित्री मंत्र गायत्री छद में यजुर्वेद ही है। यह सर्व विश्व व्याप्त है। इसमें घृणि एव सूर्य दो-दो, आदित्य; तीन तथा श्रीबीज है। इस प्रकार इसमें आठ अक्षर हैं। ऋचाओं के अक्षर परम व्योम में स्थित देव में व्याप्त हैं। इस ब्रह्म के ज्ञान के बिना कोई लाभ नही होता। इसके ज्ञाता परम धाम में आनद पाते हैं। 'जो लक्ष्मी भू भुव स्व· और कालकर्णी नाम की हैं वह हमें प्रेरणा दे। यह यजुर्वेद की महालक्ष्मी गायत्री चौबीस अक्षरों की है। यह जगत गायत्री का ही रूप है। इसके ज्ञान से महान ऐश्वर्य प्राप्त होता है। 'हम नृसिंह को जानते हैं, उस वज्र समान नखोंवाले का ध्यान करते हैं। यह हमारी बुद्धि को प्रेरणा दे। यह नृसिंह गायत्री ही इन समस्त देवो एव वेदों की कारण है। इसे जाननेवाला वेद रूप बन जाता है। (1-3)

देवताओं ने प्रजापति ने पूछा, 'किस मत्र से स्तुति किए जाने पर भगवान प्रसन्न होकर आत्मज्ञान देते हे ? तथा अपना दर्शन देते हैं ?' ब्रह्मा बोले, 'जो भगवान नृसिंह ब्रह्मा, भू:, भुव, स्व हैं, विष्णु हैं, महेश्वर है, पुरुष हैं, ईश्वर हैं, सरस्वती, लक्ष्मी, गौरी, प्रकृति, विद्या, ओंकार, चारों अर्धमात्राएं, वेद, वेदांग शाखाएं, इतिहास इत्यादि सभी हैं, उन भगवान को मैं बार-बार नमस्कार करता हूं। इस प्रकार बत्तीस मत्रों से जो भगवान की स्तुति करता है, उसे वह अपना स्वरूप दिखाते हैं। ऐसा ही करो। इसे जाननेवाला उन्हें प्राप्त करता है। यही महान ज्ञान का सार हे।

पंचम खंड

देवताओं ने पुन· कहा, 'नृसिंह मंत्र के सभी इच्छाओं को पूर्ण करके मोक्ष देनेवाले महाचक्र के विषय में बताएं।' प्रजापति ने कहा, 'यह महाचक्र सुदर्शन चक्र है। यह छ अक्षरोंवाला है। इसमें छ पत्र हैं, जो छ ऋतुओं के प्रतीक हैं। इसकी नाभि से ये चक्र जुडे हैं। इसकी नेमि माया है। इसके आठ भागों की तुलना अष्टपदा गायत्री से की जाती है। माया ने इन्हे बाहर से घेर कर बारह घेरोंवाला चक्र बनाया है। इसकी समानता बारह अक्षरोंवाले जगती छद से की जाती है। फिर सोलह घेरोंवाला चक्र बनता है। भगवान भी सोलह कलाओं वाले हैं, अत यह माधान उन्हीं का रूप है। फिर बत्तीस घेरोंवाला चक्र बनता है, इसकी तुलना बत्तीस अक्षरोंवाले अनुष्टुप छद से होती है। यह बाहर से माया से घिरा है। वेद इसके अर हैं। छद पत्ते हैं, जिनसे यह सभी ओर घूमता है। (1)

इस सुदर्शन चक्र की नाभि में एक अक्षरवाले नृसिंह के तारक मत्र का न्यास करना चाहिए।

जाता है। इसी प्रकार इससे पूर्व मत्रराज नरसिह अनुष्टुप मंत्र में भी किया गया है। यह मत्र इस प्रकार बनता है—

'ॐ नमो भगवते दक्षिणामूर्तए मह्यं मेधां प्रयच्छ स्वाहा।'

'इसका ध्यान इस प्रकार करें—यह दक्षिणामूर्ति, चांदी एव स्फटिक की माला के समान स्वच्छ है। इसके हाथ में ज्ञान-मुद्रा तथा अमृत-कलश रूपी विद्या तथा मोतियों की माला है। इसके शरीर मे साप लिपटे है, सिर पर अर्धचंद्र है तथा तीन आंखें है। यह प्रशंसनीय दक्षिणामूर्ति विविध वेषो को धारण करती है। (8)

'न्यास—न्यास में पहले वेदों के आदि अक्षर अर्थात् 'ॐ' का उच्चारण करें। इस 'ओम' (अ उ म्) में 'अ' के स्थान पर अ कहे अर्थात् इसे अ उम कहे। इसके वाद पचवर्ण का उच्चारण करे। ('दक्षिणामूर्ति' कहे)। फिर अतर के वाद अंत मे ॐ कहें। यही नौ अक्षरो का मनुमत्र है। (दक्षिणामूर्तिरतर ॐ)। (9)

'ऐसे आदि भगवान शंकर हमारी भावनाओ को शुद्ध करे जो शुकदेव आदि ऋषियो से घिरे रहते है, जिनका एक हाथ अभयदान की मुद्रा में रहता है, जिनके अन्य दो हाथो मे परशु एव हरिण है, जिनका एक हाथ जानु पर है, सर्पो से लिपटे हैं, जो वट के नीचे बैठे हुए है, दूज के चद्रमा से जिनकी जटाए शोभा पा रही है, जो दूध के समान गोरे तथा तीन आखोवाले है। (10)

'फिर 'ॐ व्लूं नम' कहकर 'ह्रीं' 'ऐं' के वाद 'दक्षिणा' और 'मूर्तए' कहे। फिर 'ज्ञान' 'देहि' कहकर अत मे अग्नि पत्नी का नाम लें (म्वाहा कहे) पूरा मंत्र इस प्रकार होगा—'ॐ व्लू नम ह्रीं ऐं दक्षिणामूर्तए ज्ञानं देहि स्वाहा'— यह गोपनीय अठारह अक्षरोंवाला मनुमत्र है। इसका ध्यान इस तरह करे—जो भस्म से सफेद शरीरवाले, चद्र खड धारण किए हुए, ज्ञान मुद्रा तथा अक्षमाला धारण किए हुए है। वीणा, पुस्तक एव योगपट्ट से युक्त हैं। जो व्यास पीठ पर वैठे है और मुनि जिनकी सेवा कर रहे है, जो प्रसन्न है तथा सापो के निवास-स्थान है, वह दक्षिणामूर्ति सदा हमारी रक्षा करें।(11-13)

'पहले तार (ॐ), परा (ह्रीं) तथा रमा वीज (श्रीं) कहें। फिर 'सावशिवाय' कहें। अत्र तुभ्य तथा अत मे अग्नि-पत्नी (स्वाहा) कहें। पूरा मत्र ऐसे वनेगा—'ॐ ह्री श्री साव शिवाय तुभ्य स्वाहा'। यह वारह अक्षर मनुमत्र है। इसमे इस प्रकार ध्यान करें—हाथों में वीणा, पुस्तक एव अक्षमाला धारण करनेवाले, नीले मेघ के समान शोभावाले, श्रेष्ठ सर्पों के निवास, शुकदेव आदि मुनियो द्वारा सेवित और वरगद के नीचे वैठे हुए शिव की स्तुति करता हू। (14-15)

इस मत्र के ऋषि, छद तथा देवता क्रमश. विष्णु, अनुष्टुप तथा दक्षिणा है। मत्र से इसका न्यास करना चाहिए। इसमें 'ॐ नमो भगवते तुभ्यं' के वाद क्रमश 'वट' 'मूल' तथा 'वासिने' कहे, फिर क्रमश 'वागीशाय', 'महाज्ञान', 'दायिने', 'मायिने' और 'नम' रखें। पूर्ण मत्र इस प्रकार होगा—'ॐ नमो भगवते तुभ्य वटमूलवासिने वागीशाय महाज्ञानदायिने मायिने नम।' यह सभी मत्रों मे श्रेष्ठ मत्रों का राजा अनुष्टुप मत्र है। इसका ध्यान इस प्रकार करे—मुद्रा, पुस्तक, अग्नि तथा नागों से सुशोभित हाथोंवाले, प्रसन्न मुख, मुक्ता हार के भूषणवाले, चद्रमा की चमकती कला के

मिट्टी, लकड़ी आदि का जैसा भी पात्र हो ग्रहण करे। तिनकों या छाल आदि की कथा (गुदडी) धारण करे। दो ऋतुओं के मिलने पर केवल सिर का मुंडन कराए। वर्षा के अलावा आठ महीनो मे घूमते रहे। मदिर, वृक्ष के तले या गुफा मे रहे। अपने आवरण को प्रकट न होने दे, आग बुझी लकडी के समान शात रहे। किसी को देखकर विचलित न हो। अपने को ब्रह्म रूप मे देख लेने पर कोई भी इच्छा शेष नही रहती। धैर्यवान ब्रह्मवेत्ता इसी ब्रह्म मे बुद्धि को लगाए। अधिक बात न करे। इस प्रकार ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ भी नही है, इस निश्चय से वैराग्य को समझकर रहे। इस प्रकार सन्यास लेने पर जो ऐसा नही करता उसे वीर-हत्या, ब्रह्म-हत्या आदि महापाप लगते है। इस निष्ठा को अपनाकर त्यागने से व्यक्ति चोरी, गुरुपत्नी गमन आदि पापो के समान पापी बनता है तथा सभी लोको से च्युत होता है। सन्यास के चिह्नों को छोडने से भी अनेक विपत्तिया आती है तथा अनत काल तक सद्गति नही होती। सभी आश्रयो का परित्याग कर धैर्यवान लबे समय तक मोक्ष आश्रम मे रहे। यदि यह आश्रम भ्रष्ट होता है, तो उसके लिए कही स्थान नही होता। (21-30)

सन्यासी बनकर जो उसके विपरीत आचरण करता है, वेद उसे पापी कहते है। जो सनातन धर्म वैष्णवी निष्ठा का पालन करता है, वह इंद्रियजयी, पुण्यवान, लोको का ज्ञाता, वेदात-ब्रह्म तथा सब कुछ जाननेवाला बनकर ब्रह्म को प्राप्त करता है। वह पितरों, भाइयो तथा सबधियो का तारण करता है। जिस वश मे ऐसे सन्यासी जन्म लेते है, उस वश की तीस पहले की, तीस बाद की तथा तीस इसके भी बाद की पीढियां तर जाती है। प्राणों के कठ मे आते समय भी सन्यास स्वीकार करने से पितरों की मुक्ति होती है, यह वेदो का अनुशासन (आज्ञा) है। इस सनातन वैष्णवी निष्ठा का सही पालन किए बिना उपदेश न दे। जो वेदात का ज्ञाता न हो, आत्मज्ञानी न हो, अविनीत हो, जिज्ञासु न हो तथा शुद्धचित्त न हो, उसे भी इसका उपदेश न दे। इस विषय में चार ऋचाए है। ब्राह्मण के पास आकर विद्या ने कहा, 'मै तुम्हारी निधि हू। मुझे दूसरों के दोष देखनेवाले को, ईर्ष्यालु, धूर्त, मूर्ख आदि को न दो। मेरी रक्षा करो। जो शुद्ध निरभिमान मेधावी ब्रह्मचारी हो उसी को यह वैष्णवी विद्या देनी चाहिए। पढाए जाने पर भी जो विप्र मन, वाणी एवं कर्म से गुरु का आदर नही करते तथा गुरु को भोजन नही कराते, उसके यहा योगी भी भोजन ग्रहण नही करते है। गुरु ही परम ब्रह्म तथा परम गति है। एकाक्षर ब्रह्म का उपदेश देनेवाले गुरु का जो अनादर करते है, उसका ज्ञान, तपस्या आदि कच्चे घड़े से जल के समान लुप्त हो जाते है। जिसकी देवताओं तथा गुरु में समान रूप से परम भक्ति होती है वही ब्रह्मवेत्ता परम पद को प्राप्त करता है। यह वेदों की शिक्षा है। (31-40)

□

मुकुटवाले, अज्ञान के नाशक, आदि पुरुष, अवर्णनीय, भवानी के पति, बरगद के नीचे रहनेवाले तथा परम गुरु रूपी दक्षिणामूर्ति का मै अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए ध्यान करता हू। (16-19)

'शरीर के रहने पर ही 'सोऽहम्' के ज्ञान से जिस ब्रह्म का सकेत होता है, यही ब्रह्म निष्ठा है। यहा बताए गए मत्रो को इस ब्रह्म से अलग न मानकर इनका बार-बार उच्चारण करना ही शिव-तत्त्व की प्राप्ति का साधन है। चित्त को उससे एकरूप कर देना ही परिकर (उपकरण) है। इसके लिए की जानेवाली शरीर की चेष्टाए ही बलि है। स्थूल, सूक्ष्म एव कारण तीन धाम ही इसके लिए समय हे। हृदय का सहस्र दल कमल ही इसका स्थान है। (20-25)

श्रद्धा सहित उन ऋषियो ने पुन. पूछा, 'इसका उदय कैसे होता है ? इसका स्वरूप क्या है ? तथा इसका उपासक कौन है ? महर्षि मार्कडेय बोले, 'वैराग्यरूपी तेल से भरे हुए, ज्ञानरूपी पात्र मे भक्ति की बत्ती जलाकर इसे अपने आत्मा मे देखे। तब अज्ञानरूपी अधकार के नष्ट होने पर इसका उदय स्वय ही हो जाता है। वैराग्य को अरणी तथा ज्ञान को घिसनेवाली दूसरी अरणी बनाए। इन दोनो के घर्षण से मोह के नष्ट होने पर गोपनीय रहस्य स्वयं ही प्रकट हो जाता है। घने मोह के अधकार को नष्ट करने के लिए गूढ अर्थ का चितन करें तथा इससे ढके हुए विवेक रूपी सूर्य को प्रकट करे। अज्ञान के बंधन से बधे हुए इस भयभीत जीव को ज्ञान से ही उसके दर्शन होते है तथा ज्ञान पर वह अपने वास्तविक रूप मे स्थित हो जाता है। यह ब्रह्म का दर्शन करानेवाली बुद्धि ही दक्षिणा है। यही ब्रह्म का दर्शन कराने का मार्ग, अर्थात् मुख भी है। अत शिव दक्षिणामुख भी कहलाते है। सृष्टि से पूर्ण इस मूर्ति की उपासना से ही ब्रह्मा ने सृष्टि करने की शक्ति प्राप्त की। इसी से उनकी इच्छा पूर्ण हुई, अत वह इसी के उपासक है। जो इस परम रहस्य शिव-तत्त्व विद्या का अध्ययन करता है, वह सभी पापो से मुक्त हो जाता है। जो इसे जानता है, वह कैवल्य प्राप्त करता है।' (26-33)

□

रहनेवाले सूर्य की किरणो मे रहनेवाले, जल मे रहनेवाले, तथा वनस्पतियो मे रहनेवाले सर्पो को नमस्कार है। जो सर्प राक्षसो को बाणो के रूप मे रहते है, उन्हे भी नमस्कार है।

तृतीय खंड

जो भगवान् शिव अपने भक्तो के लिए विष पीकर नील कठवाले हो जाते है। जो विश्व के कल्याण के लिए हरिरूप मे अवतार लेते है तथा अपने भक्तो के दु खो को दूर करने के लिए अरुधति रूप धारण करते है, उम कल्माष पुच्छ (काली पूछवाले) भगवान् केदार नाथ के लिए हे औषधि, शाति देनेवाली बनो।

वह भगवान शिव पिगल रग के है। वह नीलकठ ही गभ्रू एव कर्ण है। वही वायु रूप मे सर्वत्र व्याप्त है। उसी भयकर नेत्रोवाले शिव द्वारा सभी प्राणियो एवं देवताओ का भी सहार हुआ। अत ससार के प्रत्येक कार्य मे उन्ही को देखना चाहिए।

इस शिव से ही समस्त प्राणियो की उत्पत्ति हुई। हम उसी की स्तुति करते है। उस भव को नमस्कार है। उस कामदेव के शत्रु को नमस्कार है। इस विश्वरूपी सभा को बनानेवाले शिव को नमस्कार है। उमी से अश्व, खच्चर, गदर्भ आदि की उत्पत्ति हुई। उस नीले मुकुट धारण करनेवाले को नमस्कार है।

□

जाता है। इसी प्रकार इससे पूर्व मंत्रराज नरसिंह अनुष्टुप मंत्र मे भी किया गया है। यह मत्र इस प्रकार वनता है—

'ॐ नमो भगवते दक्षिणामूर्तए मह्यं मेधां प्रयच्छ स्वाहा।'

'इसका ध्यान इस प्रकार करें—यह दक्षिणामूर्ति, चादी एवं स्फटिक की माला के समान स्वच्छ है। इसके हाथ में ज्ञान-मुद्रा तथा अमृत-कलश रूपी विद्या तथा मोतियों की माला है। इसके शरीर मे साप लिपटे है, सिर पर अर्धचद्र है तथा तीन आंखें है। यह प्रशसनीय दक्षिणामूर्ति विविध वेषो को धारण करती है। (8)

'न्यास—न्यास में पहले वेदों के आदि अक्षर अर्थात् 'ॐ' का उच्चारण करे। इस 'ओम' (अ उ म्) में 'अ' के स्थान पर अ॰ कहें अर्थात् इसे अ उम कहे। इसके वाद पचवर्ण का उच्चारण करे। ('दक्षिणामूर्ति' कहे)। फिर अतर के वाद अंत मे ॐ कहें। यही नौ अक्षरो का मनुमत्र है। (दक्षिणामूर्तिरतर ॐ)। (9)

'ऐसे आदि भगवान शकर हमारी भावनाओ को शुद्ध करे जो शुकदेव आदि ऋषियों मे घिरे रहते हैं, जिनका एक हाथ अभयदान की मुद्रा मे रहता है, जिनके अन्य दो हाथों मे परशु एव हरिण है, जिनका एक हाथ जानु पर है, सर्पो से लिपटे हैं, जो वट के नीचे बैठे हुए है, दूज के चद्रमा मे जिनकी जटाए शोभा पा रही है, जो दूध के समान गोरे तथा तीन आखोंवाले हैं। (10)

'फिर 'ॐ व्लूं नम' कहकर 'ही' 'ऐं' के वाद 'दक्षिणा' और 'मूर्तए' कहें। फिर 'ज्ञान' 'देहि' कहकर अत में अग्नि पत्नी का नाम लें (स्वाहा कहें) पूरा मंत्र इस प्रकार होगा—'ॐ व्लू नम ही ऐ दक्षिणामूर्तए ज्ञानं देहि स्वाहा'— यह गोपनीय अठारह अक्षरोंवाला मनुमत्र है। इसका ध्यान इस तरह करे—जो भस्म से सफेद शरीरवाले, चद्र खड धारण किए हुए, ज्ञान मुद्रा तथा अक्षमाला धारण किए हुए है। वीणा, पुस्तक एवं योगपट्ट से युक्त हैं। जो व्यास पीठ पर बैठे है और मुनि जिनकी सेवा कर रहे हैं, जो प्रसन्न है तथा सापो के निवास-स्थान हैं, वह दक्षिणामूर्ति सदा हमारी रक्षा करें।(11-13)

'पहले तार (ॐ), परा (ही) तथा रमा वीज (श्री) कहें। फिर 'सावशिवाय' कहें। अव तुभ्य तथा अत में अग्नि-पत्नी (स्वाहा) कहें। पूरा मत्र ऐसे वनेगा—'ॐ ही श्री साव शिवाय तुभ्य स्वाहा'। यह वारह अक्षर मनुमंत्र है। इसमें इस प्रकार ध्यान करें—हाथो में वीणा, पुस्तक एव अक्षमाला धारण करनेवाले, नीले मेघ के समान शोभावाले, श्रेष्ठ सर्पों के निवास, शुकदेव आदि मुनियों द्वारा सेवित और वरगद के नीचे बैठे हुए शिव की स्तुति करता हू। (14-15)

इस मत्र के ऋषि, छद तथा देवता क्रमश विष्णु, अनुष्टुप तथा दक्षिणा हैं। मत्र से इसका न्यास करना चाहिए। इसमें 'ॐ नमो भगवते तुभ्य' के वाद क्रमश 'वट' 'मूल' तथा 'वासिने' कहे, फिर क्रमश 'वागीशाय', 'महाज्ञान', 'दायिने', 'मायिने' और 'नम.' रखें। पूर्ण मत्र इस प्रकार होगा—'ॐ नमो भगवते तुभ्य वटमूलवासिने वागीशाय महाज्ञानदायिने मायिने नम।' यह सभी मत्रों में श्रेष्ठ मत्रों का राजा अनुष्टुप मत्र है। इसका ध्यान इस प्रकार करें—मुद्रा, पुस्तक, अग्नि तथा नागों से सुशोभित हाथोंवाले, प्रसन्न मुख, मुक्ता हार के भूषणवाले, चद्रमा की चमकती कला के

90. रुद्र हृदयोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

ॐ शांतिः शांति. शांतिः ।

'परमात्मा हम (गुरु-शिष्य) की साथ ही रक्षा करे। हम साथ-साथ उपभोग एवं वीरता के कार्य करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो। हम परस्पर विद्वेष न करें। तीनो प्रकार के दुःख शात हो।'

रुद्र हृदय, कुडली, भस्म, रुद्राक्ष तथा गणति, ये पाच उपनिषद् प्रणव के मूल तत्त्व को कहनेवाले हैं। इन्हें महावाक्य तथा ब्रह्म-ज्ञान के अग्निहोत्र मंत्र भी कहा जाता है। एक वार अपने पिता महर्षि व्यास के चरणो में प्रणाम करके श्री शुकदेव ने निवेदन किया कि समस्त वेदों में किस ईश्वर की महिमा कही गई है ? सभी देवताओं में तथा सभी ओर कौन व्याप्त है ? तथा किस ईश्वर की भक्ति से सभी देवता उन पर (शुकदेव पर) प्रसन्न हो जाएगे ? उनके इन शब्दों को सुनकर महर्षि व्यास ने वताया, 'सभी देवताओं का आत्मा रुद्र है तथा सभी देवता शिव के ही अश हैं। उनकी दाहिनी ओर सूर्य, ब्रह्मा तथा तीनों अग्निया हैं। वायी ओर उमा, विष्णु तथा चद्रमा है। ये तीनो एक ही हैं; उमा विष्णु हैं और विष्णु स्वयं चद्रमा हैं। जो गोविद को नमस्कार करते है, जो भक्तिपूर्वक विष्णु की पूजा करते हैं, वे शिव की पूजा करते है। दोनों में कोई अंतर नही है। जो शिव से द्वेप करते है, वे विष्णु से भी द्वेष ही करते हैं तथा जो रुद्र को नही जानते, वे केशव को भी नही जानते। रुद्र ही वीज को उत्पन्न करनेवाले हैं तथा विष्णु वीज योनि हैं। रुद्र स्वय ब्रह्मा ही हैं और ब्रह्मा ही अग्नि हैं। रुद्र मे ब्रह्मा और विष्णु दोनों ही हैं और जगत अग्नि एव चद्रमय है। समस्त सृष्टि में सभी पुलिग (नर) शिव ही है तथा सभी स्त्रीलिग (मादा) उमा ही हैं। अत सभी चराचर सृष्टि उमा और रुद्र का ही रूप है। व्यक्त जगत (दिखाई देनेवाला) उमा का रूप है तथा अव्यक्त शिव का रूप है। उमा एव शकर का मिला-जुला रूप विष्णु कहा जाता है। अत. इस रूप को नमस्कार करने से प्राणी परमात्मा को प्राप्त करते है। (1-10)

आत्मा (विष्णु), परमात्मा (शिव) तथा अतरात्मा (ब्रह्मा), इन तीनों आत्माओ को जानकर परमात्मा का ही आश्रय लेना चाहिए। सभी भूतों (प्राणियों) का सनातन आत्मा विष्णु ही है। ये तीनों एक वृक्ष के समान हैं, जिसकी शाखाए पृथ्वी तक फैली हुई हैं। इसका अगला, मध्य का तथा मूल भाग क्रमश विष्णु, ब्रह्मा तथा महेश ही हैं। इसमें विष्णु कार्य रूप, ब्रह्मा क्रिया रूप और महेश कारण रूप हैं। एक ही मूर्ति को इस विश्व के कार्य के लिए रुद्र ने तीन रूपोंवाली बनाया है। सस्कार विष्णु है, धर्म रुद्र है तथा ज्ञान ब्रह्मा है। जो विद्वान सदा रुद्र नाम को जपता रहता है, वह सभी देवताओं को जपता है, अत. वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है। रुद्र नर हैं और उमा नारी हैं। रुद्र ब्रह्मा हैं और उमा वाणी (सरस्वती) हैं, रुद्र विष्णु हैं और उमा लक्ष्मी हैं। अत उन रुद्र को तथा उमा

मुकुटवाले, अज्ञान के नाशक, आदि पुरुष, अवर्णनीय, भवानी के पति, बरगद के नीचे रहनेवाले तथा परम गुरु रूपी दक्षिणामूर्ति का मै अपनी इच्छा को पूरा करने के लिए ध्यान करता हू। (16-19)

'शरीर के रहने पर ही 'सोऽहम्' के ज्ञान से जिस ब्रह्म का सकेत होता है, यही ब्रह्म निष्ठा है। यहा बताए गए मंत्रो को इस ब्रह्म से अलग न मानकर इनका बार-बार उच्चारण करना ही शिव-तत्त्व की प्राप्ति का साधन है। चित्त को उससे एकरूप कर देना ही परिकर (उपकरण) है। इसके लिए की जानेवाली शरीर की चेष्टाए ही बलि है। स्थूल, सूक्ष्म एव कारण तीन धाम ही इसके लिए समय हैं। हृदय का सहस्र दल कमल ही इसका स्थान है। (20-25)

श्रद्धा सहित उन ऋषियो ने पुन. पूछा, 'इसका उदय कैसे होता है ? इसका स्वरूप क्या है ? तथा इसका उपासक कौन है ? महर्षि मार्कडेय बोले, 'वैराग्यरूपी तेल से भरे हुए, ज्ञानरूपी पात्र मे भक्ति की बत्ती जलाकर इसे अपने आत्मा मे देखे। तब अज्ञानरूपी अधकार के नष्ट होने पर इसका उदय स्वय ही हो जाता है। वैराग्य को अरणी तथा ज्ञान को घिसनेवाली दूसरी अरणी बनाए। इन दोनो के घर्षण से मोह के नष्ट होने पर गोपनीय रहस्य स्वय ही प्रकट हो जाता है। घने मोह के अंधकार को नष्ट करने के लिए गूढ अर्थ का चितन करें तथा इससे ढके हुए विवेक रूपी सूर्य को प्रकट करे। अज्ञान के बंधन से बधे हुए इस भयभीत जीव को ज्ञान से ही उसके दर्शन होते है तथा ज्ञान पर वह अपने वास्तविक रूप मे स्थित हो जाता है। यह ब्रह्म का दर्शन करानेवाली बुद्धि ही दक्षिणा है। यही ब्रह्म का दर्शन कराने का मार्ग, अर्थात् मुख भी है। अत. शिव दक्षिणामुख भी कहलाते है। सृष्टि से पूर्ण इस मूर्ति की उपासना से ही ब्रह्मा ने सृष्टि करने की शक्ति प्राप्त की। इसी से उनकी इच्छा पूर्ण हुई, अत वह इसी के उपासक है। जो इस परम रहस्य शिव-तत्त्व विद्या का अध्ययन करता है, वह सभी पापो से मुक्त हो जाता है। जो इसे जानता है, वह कैवल्य प्राप्त करता है।' (26-33)

□

को बार-बार नमस्कार है । रुद्र सूर्य है और उमा छाया है । रुद्र चद्रमा है और उमः गरा है । रुद्र दिन है एव उमा रात्रि है । रुद्र यज्ञ है और उमा यज्ञ की वेदी है । अत. रुद्र तथा उमा को बार-बार नमन है । रुद्र अग्नि हैं,तो उमा स्वाहा है । रुद्र वेद है,तो उमा शास्त्र है । रुद्र वृक्ष है,तो उमा वल्लरी (लता) है । रुद्र गंध है,तो उमा पुष्प है । अत. इन दोनो को पुन~पुन. हम नमस्कार करते है । रुद्र अर्थ है तथा उमा शब्द है । रुद्र लिग है तथा उमा उसकी पीठ (आधार) है । अत सभी देवताओ के आत्मा रुद्र एव उमा को पृथक्-पृथक् नमस्कार करना चाहिए । मै भी मंत्रो से उमा एवं शिव को नमस्कार करता हू । जहा भी हो इस अर्धनारीश्वर मत्र को जपना चाहिए । जल मे खडे होकर इस मत्र का पाठ करने से ब्रह्महत्या आदि महापापो से भी मुक्ति मिल जाती है । (11-25)

वह सनातन ब्रह्म सभी का आश्रय,एकमात्र तथा सच्चिदानद रूप है । मन और वाणी भी उस तक नही पहुंच सकते । सबका आत्मा रूप होने से उस ब्रह्म के अलावा कोई भी वस्तु नही है । वह किसी से भिन्न नही है,अत उसे जान लेने पर समस्त ज्ञान हो जाता है । परा एव अपरा ये दो विद्याए हैं । ऋग्वेद आदि चारों वेदो,शिक्षा,कल्प,व्याकरण,निरूक्त,छद तथा ज्योतिष (वेदाग) इन सभी मे बौद्धिक ज्ञान है,अत ये अपरा विद्या कहे जाते है । जिस विद्या से आत्मज्ञान होता है,वह परा विद्या है । वही परम अक्षर (जिसका क्षर नाश नही होता) आत्मा है,जो न तो दिखाई देता है न पकड मे आता है । वह गोत्र रूप,हाथ,कान,पाव आदि से रहित है । वह नित्य,विभु,सभी मे व्याप्त,अत्यत सूक्ष्म और अव्यय है । प्राणियो के कारण रूपी इस आत्मा को ज्ञानी लोग अपने ही आत्मा मे देखते हैं । जो सर्वज्ञ,सर्वविद्यामय है तथा ज्ञान ही जिसके लिए तप है,उसी से यह जगत उत्पन्न होता है । जैसे रस्सी को सर्प समझ लिया जाता है,प्राणी वैसे ही इस विश्व को सत्य समझ लेते है । इस अक्षर ब्रह्म को जान लेने पर यह विश्व फिर मिथ्या लगने लगता है तथा इस ज्ञान से ज्ञानी मुक्त हो जाते है । ज्ञान से ही इस मिथ्या ससार का नाश (अज्ञान का नाश) होता है, न कि कर्म से । अत वेदो को जाननेवाले ब्रह्मनिष्ठ गुरु की शरण मे जाना चाहिए । गुरु ही आत्मा का ज्ञान करानेवाली पराविद्या को देता है । साक्षात अक्षर ब्रह्म हृदय गुहा मे ही रहता है । तब अज्ञान की महाग्रथि (गांठ) कट जाती हैं और शिव की प्राप्ति होती है । अत इस अमृत सत्य को मोक्ष की प्राप्ति के लिए अवश्य जानना चाहिए । ब्रह्म रूपी लक्ष्य (निशाना) को बेधने के लिए प्रणव धनुष तथा आत्मा बाण है । पूरी सावधानी से सब कुछ त्यागकर उसी मे तन्मय हो जाने पर ही यह लक्ष्य वेधा जा सकता है । यह लक्ष्य एक स्थान पर नही, अपितु सब जगह रहनेवाला है और बाण भी सर्वगत (सब जगह रहनेवाला) है अत इसे वेधने के लिए साधक को भी वैसा ही होना पडेगा । तभी शिव की प्राप्ति होगी,इसमे कोई सदेह नही है । (26-39)

उस ब्रह्म में चंद्रमा या सूर्य प्रकाश नही करते,वहां वायु और सभी देवताओ की भी पहुच नही है । वह विशुद्ध तथा स्वय प्रकाश रूप ब्रह्म साधक के चितन से उसे प्राप्त हो जाता है । शरीरवृक्ष के समान है,जिसमें जीव और ब्रह्म रूपी पक्षी दोनों ही रहते है । जीव अपने कर्मो से फलों को भोगता है,किंतु ब्रह्म केवल साक्षी के रूप में उसे देखता है । वास्तव मे जीव एव ब्रह्म दोनों एक ही है,किंतु माया के कारण इनमे भेद की कल्पना कर ली गई है । आकाश सब जगह एक ही होता है, किंतु घडे में उसे घड़े का आकाश (आकाश शून्य या खाली जगह ही है) कहा जाता है तथा मठ के

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभि. शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाताक्षिर्भियंजत्रा।
स्थिरैरगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहित यदायु.।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा. स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्ताक्ष्यों अरिष्टनेमि स्वस्ति नो वृहस्पतिर्दधातु।

ॐ शाति शाति शाति ।

'हम कानों से कल्याणमय शब्द सुने और नेत्रो से कल्याणमय दृश्य देखे। स्वस्थ अगो से तुम्हारी स्तुति करे। देवताओं द्वारा दी हुई आयु का उपभोग करे। यशस्वी इद्र, मर्वस्व ज्ञाता पूपा, अमंगलनाशक गरुड तथा बृहस्पति हमारा कल्याण करें। तीनो तापो की शाति हो।'

पिप्पालादि ऋषि ने ब्रह्माजी से पूछा कि 'ब्रह्मा, विष्णु एवं रुद्र के बीच मे अधिक ध्यान करने योग्य कौन है ?' इस पर ब्रह्माजी ने बताया, 'मेरे शब्दो को ध्यान से सुनो। मैं जिस परमेश्वर के शरीर से उत्पन्न हुआ हू, वह अनंत पुण्यो के फलस्वरूप ही प्राप्त हो सकता है। विष्णु, इद्र आदि भी मोहवश उसे नही जानते। वही वरण करने योग्य है, वही सबका पिता तथा परम ईश्वर है, नही ब्रह्मा को धारण करता है। सभी वेदो का निर्णय करता है तथा वही सभी देवताओ का पिता है। वह मेरा और विष्णु का भी पिता है। वह प्रशसनीय अतकाल मे सभी लोकों का सहार करता है। वही एक सब पर शासन करनेवाला श्रेष्ठ तथा वरिष्ठ है। वही भयकर रूप धारण करनेवाला महेश्वर है, जिसने लोको के हत्यारे नृसिह को मार डाला। जब रुद्र हरि को पैर पकडकर ले जा रहे थे, तो देवताओ ने उनसे प्रार्थना की कि माधव पुरुष विष्णु का वध न करो, आप महान है। उन्होने अपने नाखूनो से विष्णु को विदीर्ण किया। तब वह चर्म का वस्त्र पहननेवाले रुद्र महावीर एव वीरभद्र के नाम से प्रसिद्ध हुए। (1-6)

'सभी कार्यो की सिद्धि के लिए एक रुद्र का ही ध्यान करना चाहिए। जो ललाट से उत्पन्न अग्नि से विश्व को भस्म करता है और पुन सृष्टि करके उसका पालन करता है, उस रुद्र को नमस्कार है। जिसने बाए पैर से काल को मार डाला तथा जलते हुए हलाहल विष को पी लिया उस रुद्र को नमस्कार है। जिसके बाए पैर मे विष्णु ने पूजा मे अपनी आख चढा दी और इस पर प्रसन्न होकर जिसने विष्णु को सुदर्शन चक्र दे डाला, उस रुद्र को नमस्कार है। जिसने दक्ष के यज्ञ मे देवताओं के समूह को जीतकर विष्णु को नागपाश से बाध डाला, उस रुद्र को नमस्कार है। जिसने सरलता से त्रिपुर को भस्म कर डाला, सूर्य, चद्रमा और अग्नि जिसकी तीन आखे है, जिसके सामने देवता भी पशुओं के समान आज्ञाकारी हो गए, अत वह पशुपति कहलाए। उस रुद्र को नमस्कार है। जो मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिह, वामन आदि अवतारो के लिए विष्णु को क्रम देता है, जिसने पीडित किए जाने पर कामदेव को भस्म कर डाला, उस रुद्र को नमस्कार है। इस प्रकार देवताओ द्वारा स्तुति किए जाने पर नीलकठ महादेव ने दैविक, दैहिक तथा भौतिक, इन तीनों कष्टो, मृत्यु, वृद्धावस्था आदि दुखो से देवताओ को मुक्त कर दिया। वही सभी प्राणियों का आत्मा है। वही भगवान शकर स्वर्ग लोक, प्रजा आदि सबके रक्षक है। (7-15)

ऊपर वह मठ का आकाश कहा जाता है,इसी प्रकार परमात्मा शिव और जीव मे भी कल्पना की गई है,जवकि दोनो एक ही है । यदि इन दोनो में भेद होता,तो दोनो का 'चित्' स्वरूप ही नष्ट हो जाता । यह भेद जड माया के कारण हुआ है । इन दोनो की एकता तर्क तथा प्रमाण दोनो से ही सिद्ध है । अत इस एकता का ज्ञान हो जाने पर मनुष्य शोक एव मोह से मुक्त हो जाता है । तब वह अद्वैत परमानद केवल शिव को प्राप्त करता है । इस समस्त ससार के निवास स्थान चिद् धन ब्रह्म का ज्ञान हो जाने पर मुनि को 'सोऽह'—मै वही ब्रह्म हू,इस तत्त्व का ज्ञान हो जाता है,तब उसके सभी दु खो का अत हो जाता है । शरीर मे स्थित उस ज्योति रूप सबके साक्षी ब्रह्म को दोषरहित लोग ही देखते है,माया से घिरे हुए अन्य लोग नही । इस पूर्ण ज्ञान के हो जाने पर जो अपने रूप को जान लेते है, वे आकाश के समान पूर्णरूप और सर्वव्यापक हो जाते है, अत उन्हे कही आने-जाने की आवश्यकता नही रहती । उस परम ब्रह्म को जाननेवाला उसी मे स्थित होकर उसी के समान बन जाता है ।

□

'विष्णु भी जिनके चरण कमलो को प्राप्त करने के लिए स्तुति करते है, वह भगवान महादेव मन एव वाणी से अगोचर है। ऐसे भगवान शकर नमस्कार करने पर विष्णु पर प्रसन्न हुए। जिसे प्राप्त न करके मन वाणी के साथ लौट आता है, उस आनदस्वरूप ब्रह्म को जाननेवाला विद्वान भयभीत नही होता। वह अणु से भी छोटा तथा महान है और प्राणियो की हृदय गुहा मे रहता है। उस साक्षी ब्रह्म को ईश्वर की कृपा से शोकरहित साधक देखता है। वशिष्ठ, शुकदेव, वामदेव आदि ऋषि तथा ब्रह्मा आदि सभी देवता हृदय मे उनका ध्यान करते है। सनत, सुजात आदि उनके नाम की स्तुति करते है। वह महेश, सत्य, साक्षी, नित्य, आनदस्वरूप तथा निर्विकल्प (जिनके स्थान पर किसी दूसरे को नही रखा जा सकता) है। अचितनीय शक्तिवाले उस भगवान गिरीश की अपनी बुद्धि के अनुसार सभी कल्पना करते है। (16-20)

'उनकी माया का मैं (ब्रह्मा) तथा विष्णु भी पार नही पा सकते। इस दुस्तर माया को उन्ही की कृपा से पार किया जा सकता है। विष्णु सारे जगत के कारण है, वह अपने-मेरे अशो से विश्व का पालन करते है। समय आने पर सब कुछ नष्ट हो जाता है, अत यह समस्त जगत मिथ्या है। इस सब जगत को ग्रास बनानेवाले महादेव, शूलपाणि, महेश्वर, मृड (प्रशसनीय) रुद्र के लिए नमस्कार है। सृष्टि मे विष्णु सबसे पृथक और महान है। वे समस्त ऐश्वर्यो को प्राप्त करके प्राणियो के आत्मा में रहते हुए विश्व का उपभोग करनेवाले अविनाशी है। जिस विष्णु को क्रमश चार, चार दो और पाच आहुतिया दी जाती है, वह मुझ पर प्रसन्न हों। (21-25)

'हवि ब्रह्म है, जिसे ब्रह्मरूपी होता द्वारा ब्रह्मरूपी अग्नि मे ब्रह्म के लिए डाला जाता है। समाधि मे लगे हुए योगी के लिए ब्रह्म ही जानने योग्य है। समाधि भी ब्रह्म कर्म है। जीव ही 'शर' है, जिसमे भगवान हरि सदा प्रकाशित होते है। अत ब्रह्म ही शरभ है। वह साक्षात मोक्ष देनेवाला है। माया के कारण देवता भी मोहित रहते है। उमकी महिमा के विषय मे कोई भी लेशमात्र नही बता सकता। पर से परब्रह्म, परब्रह्म से परमहरि है। ईश्वर सबसे बडा है। उसके समान कोई भी नही है। एक शिव ही सदा रहनेवाला है, अन्य सब झूठ है, अत विष्णु आदि सभी देवताओ को त्यागकर सदाशिव का ही ध्यान करना चाहिए, वही ससार से मुक्ति देनेवाले है। उस महामहारक को नमस्कार है। (26-31)

'इस पैप्पलादि महाशास्त्र का उपदेश किसी को नही देना चाहिए। नास्तिक, अहकारी, निर्दयी, दुष्ट, असत्यवादी आदि को इसे कभी नही देना चाहिए। इसे सच्चरित्र, गुरुभक्त, सुशील, शात, दान सरल लोगो को देना चाहिए। शिवभक्त, ब्रह्मकर्म मे लगे हुए, उपकार माननेवाले लोग इसको प्राप्त करने के अधिकारी है। इसे देने योग्य पात्र न मिले, तो इसे गोपनीय रखना चाहिए। इस पैप्पालादि महाशास्त्र का अध्ययन करनेवाला तथा दूसरो को सुनानेवाला जन्म-मरण चक्र से मुक्त हो जाता है। इसका ज्ञाता अमृतत्व प्राप्त करता है। वह गर्भवास से मुक्त हो जाता है। सुरापान, सोने की चोरी, ब्रह्महत्या एव गुरुपत्नी-गमन, इन पाच महापापो से शुद्ध हो जाता है। उसे सभी वेदो के अध्ययन का फल मिलता है। वह सभी पापो से मुक्त हो जाता है। इन सभी पापो एव उत्पातो से मुक्त होकर वह भगवान शिव की समीपता प्राप्त करता है। वह फिर इस ससार मे जन्म लेकर कभी लौटकर नही आता।

□

शांतिपाठ·

ॐ भद्र कर्णेभि शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाक्षभिर्यजत्रा
स्थिरैरगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति न बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ शाति शाति शाति ।

'हम कानो से कल्याणमय शब्द सुने और नेत्रो से कल्याणमय दृश्य देखें । स्वस्थ अगो से तुम्हारी स्तुति करे । देवताओ द्वारा दी हुई आयु का उपभोग करे । यशस्वी इद्र, सर्वस्व ज्ञाता पूषा, अमगलनाशक गरुड तथा बृहस्पति हमारा कल्याण करे । तीनो तापो की शाति हो ।'

गरुड विद्या को बताता हू । इस विद्या को ब्रह्मा ने नारद को, नारद ने वृहत्सेन को, वृहत्सेन ने इद्र को, इद्र ने भरद्वाज को तथा भरद्वाज ने जीवत्काम शिष्यो को बताया । इस श्री महागरुड ब्रह्मविद्या के ऋषि ब्रह्मा, छद गायत्री तथा भगवान् गरुड देवता है । श्री गरुड की प्रसन्नता तथा समस्त विषो के नाश के लिए जप इसका विनियोग है । यह समस्त उपनिषद् सर्प आदि के विष को दूर करने के लिए की जानेवाली सिद्धि है । अत यहा इसकी सिद्धि के लिए किए जानेवाले अनुष्ठान का परिचय दिया जा रहा है ।

ॐ नम (अगूठो मे), श्री गरुडाय (तर्जनी मे), पक्षीद्राय (मध्यमा मे), श्री विष्णुवल्लभाय (अनामिका मे), त्रैलोक्यप्रपूजिताय (कनिष्ठिका में) तथा उग्रभयकरकालानलरूपाय (करतल पृष्ठ मे) इस प्रकार इस मत्र का अगन्यास एवं हृदयादि न्यास करना चाहिए । इसके पश्चात गरुड का ध्यान किया जाता है । 'स्वस्तिको दक्षिण पाद' इत्यादि आठ मत्रो का ध्यान मे पाठ किया जाता है । साराश मे इनका अर्थ इस प्रकार है—भगवान् गरुड का दाहिना पैर स्वस्ति की मुद्रा मे तथा बाया पैर कुचित है । भगवान् विष्णु को वह अत प्रिय है । अनत वाम कटक, यज्ञसूत्र, वासुकि, तक्षक उनके कटिसूत्र तथा हार कार्कट है । पद्म एव महापद्म उनके कानो मे है । पौड्र एव कालिक उन्हे हवा करते हैं । एक पुत्र आदि उनकी सदा सेवा करते है । उनका कपिल वर्ण तथा आभा सोने के समान है । उनकी भुजाए लबी तथा कधे चौडे है । उन्होंने अनेक आभूषण धारण किए हुए है । वे जाघो तक सोने के रग के, कमर तक आभावाले है । कठ तक उनका रग कुकुम जैसा है । मुख की शोभा सैकडो चद्रो के समान है । नासिका आगे से नीली तथा टेढ़ी है । सुदर कुडल पहने हुए है । मुख दातो से विकराल तथा उज्ज्वल मुकुटवाला है । सारा शरीर कुकुम की लालिमा लिया हुआ तथा मुख सफेद रग का है । हे विष्णु के वाहन, तुम्हे नमस्कार है ।

तीनो मध्याओ मे इस प्रकार गरुड का ध्यान करने से समस्त विषों का नाश हो जाता है । इस ध्यान के बाद गरुड मत्रो का उनके पूरे नियमों के साथ अनुष्ठान किया जाता है । जो इस गरुड

विश्वमय ब्राह्मण शिव के पास जाता है। उसे पचाक्षर मंत्र (नम. शिवाय) का अनुभव होता है। ब्राह्मण शिव पूजा में लगा है। शिव भक्ति से विहीन ब्राह्मण, चांडाल या उपचांडाल के समान है। अधम चाडाल भी यदि शिव भक्त है, तो वह उस ब्राह्मण से श्रेष्ठ है। ब्राह्मण त्रिपुड धारण करनेवाला होता है। शिव भक्ति से ही वह ब्राह्मण कहा जाता है। शिवलिग की पूजा करनेवाले चांडाल के हाथ की विभूति शुद्ध होती है। गृहस्थों को सफेद विभूति धारण करनी चाहिए। तपस्वी सभी प्रकार की विभूति धारण कर सकते है। शिव भक्ति से युक्त विभूति देवता भी धारण करते हैं।

अग्नि, वायु, भूमि, जल और आकाश सब भस्म के रूप मे हैं। इस रहस्य को समझकर इसे धारण करना चाहिए। वह ईश्वर विश्व (चारों ओर) आंखोंवाला, विश्व मुख, विश्व हस्त (चारो ओर हाथोंवाला) तथा विश्व पाद (चारो ओर पैरोंवाला) है। इस समस्त ब्रह्माड एव पृथ्वी को उत्पन्न करने वाला वह ईश्वर अपने हाथो से इसे झुका देता है। अत प्राण ही शिव है। जटा एव भस्म धारण करने पर भी वह प्राणलिग शिव श्रेष्ठ है। जंगम (चलनेवाले प्राणी) ही शिव तथा शिव ही जगम है। प्राणलिंगियों के पूज्य तपस्वियों में श्रेष्ठ शिव का भक्त है। चाडाल प्राणलिगी है, अत वह श्रेष्ठ है। इसे जाननेवाला शिव ही है। वह रुद्र या शिव कोई अन्य नही, प्राणलिगी ही है।

यह आत्मा परम अद्वैत शिव ही है। यही शिव गुरु तथा गुरुओं का भी गुरु है। यह समस्त विश्व, विश्व मंत्र समझकर ही धारण करना चाहिए। यह जगत दैव (प्रारब्ध) के अधीन है। दैव मत्रो को फैलाता है। अत यह दैव ही मेरा गुरु है। गुरु द्वारा दिया गया यह अन्न परम ब्रह्म है। ब्रह्म स्वय की अनुभूति द्वारा ही जाना जाता है। भगवान शिव गुरु हैं। गुरु शिव ही लिंग (ब्रह्म के सूचक चिह्न) हैं। दोनों के एक रूप मे होने से तथा प्राण रूप होने से शिव ही गुरु हैं। जहा गुरु हैं, वही शिव है। शिव गुरुरूपी महान ईश्वर है। भ्रमर कीट के कार्य के समान, निरंतर शिव की पूजा में लगे हुए गुरु के समान पूजा करने से मुक्त होकर शिव के समान हो जाते हैं। भ्रमर कीट कार्य-भृगी नामक कीडा अन्य कीड़ों को पकडकर अपने घर में ले जाता है, अत. पकडकर लाया हुआ कीडा भय मे भृगी को देखता रहता है। धीरे-धीरे उसे देखते रहने से उसका भय दूर हो जाता है। शिवलिग को जल चढाने से सारे पाप धुल जाते हैं। उनको सतुष्ट रखना शिव को संतुष्ट रखना है। उनके साथ रहना भी पवित्रता देता है। उनका अनादर शिव का अनादर है। अत. परम आनद के घर शिव के पास जाना चाहिए। अत इस परम पावन गुरु रूप शिव की शरण लें।

□

महाविद्या का अमावस्या में अध्ययन करता है या इसे सुनता है,उसे जीवनपर्यत साप नही डसते। आठ ब्राह्मणो को इस मत्र की दीक्षा देनेवाला एक तिनके का स्पर्श कराकर ही सांप के विष को उतार देता है। सौ ब्राह्मणों को दीक्षा देनेवाले व्यक्ति के देखने से ही विष दूर हो जाता है तथा एक हजार ब्राह्मणों को इसकी दीक्षा देनेवाला मनुष्य मन से स्मरण करके ही दूर रहता हुआ भी विष के प्रभाव को नष्ट कर देता है।

□

88. कालाग्नि रुद्रोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

ॐ शाति शाति शाति

इस कालाग्नि रुद्र उपनिषद के ऋषि, छंद और देवता क्रमश. संवर्तक अग्नि, अनुष्टुप, कालाग्नि रुद्र है। श्री कालाग्नि रुद्र की प्रसन्नता के लिए इसका विनियोग किया जाता है। कालाग्नि रुद्र से सनत्कुमार ने पूछा कि त्रिपुड की विधि एव तत्त्व क्या है ? इसमे क्या पदार्थ होता है ? कितना स्थान होता है ? कितना प्रमाण तथा कितनी रेखाए है ? इसके मत्र, देवता, शक्ति, कर्ता तथा फल कौन और क्या है ? इस पर भगवान कालाग्नि रुद्र ने बताया, 'अग्निहोत्र की भस्म ही त्रिपुंड का पदार्थ है। इसे 'सद्योजात' आदि पाच मत्रों से ग्रहण करना चाहिए। इसके बाद 'अग्निरिति भस्म' इत्यादि मत्र से इसे अभिमंत्रित करे फिर 'मानस्तोक' इस मत्र से अगुलियो मे ले और 'मा नो महान' इस मत्र से जल लेकर मिलाए 'त्रयायुष जमदग्ने' इस मत्र से इसे सिर, ललाट तथा वक्ष (सीने मे) मे लगाए। 'त्रयायुष' तथा त्रयंबक मंत्र से माथे से तीन रेखाएं लगाना ही शाभव व्रत कहा जाता है। इसका सभी वेद के जाननेवालों ने उल्लेख किया है। अत मोक्ष के इच्छुक पुनर्जन्म से छुटकारा पाने के लिए इसे धारण करे। (1-3)

फिर सनत्कुमार ने इसका प्रमाण कितना होना चाहिए, इस विषय मे पूछा तब कालाग्नि रुद्र ने बताया, 'त्रिपुड की तीन रेखाओं में प्रथम रेखा गार्हपत्य अग्नि, रजोगुण, ओम का 'अ' भूलोक, स्वात्मा, क्रियाशक्ति, ऋग्वेद, प्रात सवन तथा महादेवी का रूप है। दूसरी रेखा दक्षिणाग्नि, ओम का 'उ' सत्वगुण, अतरात्मा, इच्छाशक्ति, माध्यदिन सवन, यजुर्वेद तथा सदाशिव का रूप है। तीसरी रेखा आह्वनीय अग्नि, 'म', तमोगुण, परमात्मा, ज्ञानशक्ति, सामवेद तृतीय सवन तथा महादेव रूप है। इस प्रकार कोई भी ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ या संन्यासी भस्म धारण कर सकता है। ऐसा करने वाला सभी महापापो से छूट जाता है। वह तीर्थ स्नान का फल प्राप्त करता है। वह सभी वेदों तथा देवताओ का ज्ञाता हो जाता है। सभी भोगो को भोगने के बाद उसे शिवलोक की प्राप्ति होती है। उनका फिर जन्म नही होता।' ऐसा कालाग्नि रुद्र ने कहा है। इसका अध्ययन करनेवाला उसी के समान बन जाता है। (4-9)

□

92. लांगूलोपनिषद्

इस हनुमान साधना के घोर मूल मंत्र के ऋषि ईश्वर है। इसका छद अनुष्टुप है तथा श्रीराम एवं लक्ष्मण इसके देवता है। 'सो' बीज है, 'अंजनासूनु' शक्ति है, वायुपुत्र कीलक है तथा श्री हनुमान की प्रसन्नता तथा भू, भुव:, स्व, लोको मे आसीन तत्त्वपद के शोधन के लिए इसका विनियोग किया जाता है। 'ॐ भू नम' 'ॐ भुव नम', 'ॐ स्व. नम', 'ॐ मह नम:', 'ॐ जन नम.' तथा 'ॐ तप: नम', से करन्यास आदि किया जाता है। इसके पश्चात हनुमान का ध्यान किया जाता है, जो इस प्रकार है—वह भीमरूप हनुमान वज्र जैसे शरीरवाले है, उनकी आखे बडी-बड़ी है, उनके कानो मे सोने के कुडल है, जो कानो के नीचे तक लटके है। वह दु खी एव विवश प्राणियो के रक्षक है। समुद्र लघन के समय उनकी उद्यत पूछ समुद्र को चचल कर रही है। बदरो से घिरे हुए वह भगवान् राम का ध्यान करते हुए प्रसन्न एव शक्ति के सार लग रहे है।

इस मानसिक पूजा के पश्चात निम्नलिखित मत्रो से हनुमान की पूजा करके आहुतिया दी जाती है।

(1) ॐ नमो भगवते दावानल ह्री ह्रू हु फट् घे घे स्वाहा।

(2) ॐ नमो भगवते चडप्रताप हनुमते ह्रा ह्री ह्रू हुं फट, घे घे स्वाहा।

(3) ॐ नमो भगवते चितामणि हनुमते ल

(4) ॐ ह्री श्री क्ली ग्ला ग्ली ग्लू ॐ नमो भगवते पाताल गरुड

(5) ॐ नमो भगवते कालाग्नि रौद्र हनुमते

(6) ॐ श्रा श्री श्रू श्र श्रौ श्र: ॐ नमो भगवते भद्राजनिक रुद्र वेद सिद्धि कुरु कुरु स्वाहा।

यह ज्ञान श्री रामचद्र ने श्री महादेव को दिया। वीरभद्र ने महादेव से इसे प्राप्त किया। इसे प्रातकालीन संध्या, दिन की संध्या तथा सायकाल की सध्या, इन तीनों सध्याओ में पढने से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूर्ण होती है।

(यह उपनिषद् भी एक प्रकार से मत्रसिद्धि का अग है। मत्र को सिद्ध करने की दृष्टि से ही इसका महत्त्व है।)

□

89. नील रुद्रोपनिषद

प्रथम खंड

हे नीलकठ। मैने स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरते हुए आपको देखा। मैने आपको उग्र रूप मे मोरपंख का मुकुट पहनकर पृथ्वी मे उतरकर यही रहते हुए दुष्टो का सहार करते हुए देखा। इन भगवान का कठ नीला है। इनका वर्ण विशेप प्रकार से लालिमा लिया हुआ है। यही जल के रूप मे सभी औषधियो मे व्याप्त है तथा रोग रूपी पापो को नष्ट करते हे। यह प्राणियो के प्राण, सभी अमगलों को दूर करने तथा इच्छाओ को पूर्ण करने के लिए आपके पास आए।

हे समस्त विश्व के भावनास्वरूप। ससार के क्रोध रूप! तुम्हे हमारा नमस्कार है। तुम्हारी दोनो भुजाओं मे धारण किए हुए इस धनुष को भी हम नमन करते है। हे हिमालय वासी। जिस बाण को हाथ मे रखते हुए आप विश्व को धारण करते हुए उसकी रक्षा करते हो, यह बाण केवल दुष्टो का विनाश करने के लिए है। इसे हमारे ऊपर मत छोड़िए। हे गिरीश। हम अपनी मगलमयी वाणी से आपका यशोगान करते है। इसी से यह जगत समस्त दु खो से मुक्त होकर प्रसन्न रहता है।

हे मृड। (प्रशसा करने योग्य, शिव) तुम्हारा बाण अत्यत कल्याणकारक ह, तुम्हारा धनुप भी शिव (मगलमय) है। आपके धनुप की डोर भी शुभ करनेवाली है। इन सबसे आप हमे जीवन देते हैं। पर्वतो मे रहने पर भी आप सबका कल्याण करते है। आपकी जो घोर तथा पापनाशिनी मूर्ति है, वह तावे के रग की, लाल, भूरी तथा विशेप लाल अनेक रगो की है। इससे आप चारो ओर प्रकाश कीजिए। हम इस मूर्ति की स्तुति करते हैं।

द्वितीय खंड

हे नीलकंठ शिव। हमने आपके विलोहित (विशेप लाल) रूप को स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरते हुए देखा। आपके उस अवतार को ग्वालो ने देखा फिर इस रूप को सभी प्राणियों ने देखा। इस नीली शिखाधारी कृष्ण अवतार को तथा हजारों नेत्रोंवाले वज्रधारी इद्र, इन दोनों रूपो मे आपको नमस्कार है। आपके शक्तिशाली अस्त्र-शस्त्रो को भी नमस्कार है। आपके धनुप को भी नमस्कार है। इन्हे शांत रखिए। इस बाण को हाथ से हटाकर तरकस में रख लीजिए। अपने मगलमय सौम्य तथा शिव स्वरूप में दर्शन दीजिए।

आप सैकड़ों बाणो को एक साथ छोड़ते हैं। इन पैने मुखोंवाले बाणों को आप हमारे शुभ के लिए ही धनुप पर चढाएं। शत्रुओं के सहार के पश्चात आपके धनुप की डोर ढीली हो जाए और तीर तरकस में शांत हो जाए। पर्वतों को भी आपके बाण चूर-चूर कर देते है। कृपया इन्हे शात करें। ये हमारी चारो ओर से रक्षा करते है। इनके द्वारा हमारे रक्षक रूप में है। पृथ्वी मे रहनेवाले सर्पों को नमस्कार। अतरिक्ष में तथा स्वर्ग मे रहनेवाले सर्पों को भी हम नमस्कार करते है। चारो ओर

93. गायत्री रहस्योपनिषद्

कल्याण हो। सिद्धि हो। ब्रह्म को नमस्कार हो। नमस्कर करने के पश्चात ऋषि याज्ञवल्क्य ब्रह्मा से पूछते है कि 'हे ब्रह्मा जी, गायत्री की उत्पत्ति कैसे हुई ?' इसके बाद वसिष्ठ भी उनसे यही प्रश्न पूछते हैं। ब्रह्मा बोले, 'ब्रह्मज्ञान की उत्पत्ति की तथा प्रकृति की व्याख्या करता हू। वह स्वय उत्पन्न हुआ पुरुप कौन है ? उसी पुरुष ने अगुली से मंथन किया, इससे जल उत्पन्न हुआ। जल से फेन की उत्पत्ति हुई। फेन से फिर बुलबुले पैदा हुए। इन बुलबुलो से एक अडा पैदा हुआ। अडे से ब्रह्मा का जन्म हुआ। ब्रह्मा से सर्वप्रथम वायु का जन्म हुआ। वायु से अग्नि तथा अग्नि से ओकार हुआ। ओकार से व्याहृति, व्याहृति से गायत्री, गायत्री से सावित्री तथा सावित्री से सरस्वती उत्पन्न हुई। इस सावित्री से चारों वेद, चारो वेदों से सभी लोक तथा सभी लोको से अत मे प्राणियो का जन्म हुआ।

इसके वाद अब गायत्री एव व्याहतिया है। गायत्री कौन है ? व्याहतिया कौन है ? भू क्या है ? भुव क्या है ? स्व क्या है ? इसी प्रकार मह, जन, तप, सत्य, तत्, सवितु, वरेण्य, भर्ग, देवस्य धीमहि, धिय, य, न तथा प्रचोदयात् क्या-क्या है ?—'भू' का अर्थ भूलोक (भूमि) है। 'भुव' अंतरिक्ष लोक है। 'स्व' स्वर्गलोक है। 'मह' मह लोक है। 'जन' जन लोक है। 'तप' तप लोक है। 'सत्य' सत्य लोक है। 'तत्' का अर्थ तेजोमय अग्नि देवता है। 'सवितु' सविता अर्थात सूर्य को वताता है। सावित्री मे ही आदित्य है। 'वरेण्य' का अर्थ प्रजापति है। 'भर्ग' का अर्थ जल है। 'देवस्य' यह शव्द इद्र देवता है, जो परम ऐश्वर्यमय होने के कारण रुद्र नाम से प्रसिद्ध है। 'धीमहि' अतरात्मा को वताता है। 'धिय' दूसरे अतरात्मा, अर्थात ब्रह्म को वताता है। 'य' का अर्थ सदाशिव पुरुप हैं। 'न' का अर्थ हमारा है। 'प्रचोदयात्' का अर्थ प्रेरित करे है। इन सभी लोको का आश्रय, जो धर्म का ज्ञान कराए वह यही गायत्री है (यहा 'ॐ भूर्भुव स्व तत्सवितुर्वरेण्य भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न प्रचोदयात्', इस गायत्री मत्र के प्रत्येक शव्द का अर्थ वताया गया है)।

इस गायत्री का गोत्र कौन-सा है इसमे कितने अक्षर होते है ? इसके कितने चरण (छद के पाद या चरण) होते है ? कितनी काखे हैं ? तथा कितने सिर हैं ?—इसके गोत्र का नाम माण्डूयायन है। चोवीस अक्षरों वाली गायत्री के तीन या चार पाद होते है। फिर से इसके चार पाद, छ कुक्षिया (काखे) और पाच सिर होते है। इसके चरण, कुक्षिया तथा सिरो से क्या तात्पर्य है—ऋग्वेद इसका प्रथम चरण है। सामवेद दूसरा, यजुर्वेद तीसरा, तथा अथर्ववेद चौथा चरण है। अर्थात वेद ही इसके चरण है। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, ऊर्ध्व (ऊपर को) तथा अध (नीचे को) ये छ दिशाए इसकी क्रमश प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पचम तथा छठी कुक्षिया हैं। व्याकरण इसका प्रथम सिर है, शिक्षा द्वितीय, कल्प तृतीय, निरुक्त चतुर्थ तथा ज्योतिप इसका पाचवा सिर है (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिप एव छद, ये छ वेदाग होते हैं, जिनमे प्रारभ के पाच वेदाग यहा गायत्री के सिर वताए गए है)। किस दिशा में किस रग की कौन-सी देवी स्थित है ? उनका कितना विस्तार है ? कौन उनके ऋषि हैं ? क्या छद है ? कौन शक्तिया है ? कौन तत्व है ? तथा कौन अवयव है ?

62. याज्ञवल्क्योपनिषद

शांतिपाठ

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिद पूर्णात् पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ शाति शांति शाति: ।

वह ब्रह्म पूर्ण है, यह जगत भी पूर्ण है । उस पूर्ण ब्रह्म से इस पूर्ण (जगत) की उत्पत्ति हुई, अत उस पूर्ण ब्रह्म से यदि इस पूर्ण (जगत) को पृथक् भी कर दें तो पूर्ण ही शेष रहता है ।

विदेह जनक ने याज्ञवल्क्य के पास जाकर उनसे सन्यास के विषयों मे समझाने का निवेदन किया । तब याज्ञवल्क्य बताने लगे कि 'ब्रह्मचर्य के बाद गृहस्थ आश्रम है । इसकी समाप्ति पर वानप्रस्थ होता है । अंत मे सन्यास में प्रवेश होता है, किंतु सीधे ब्रह्मचर्य या गृहस्थ के बाद भी सन्यास लिया जा सकता है । व्रती हो या न हो, स्नातक हो या न हो या अग्नि की सेवा कर चुका हो अथवा न कर चुका हो, जब वैराग्य हो, सन्यास ले सकता है । तब प्राजापत्य यज्ञ किया जाता है । इसे न करने पर आग्नेय यज्ञ किया जाता है । अग्नि ही प्राण है । इससे प्राण पुष्ट होते है । त्रैधातीय यज्ञ भी हो सकता है । सत्त्व, रजस एव तमस ही तीन धातुए है । 'हे अग्नि ! तुम्हें प्रकाशित करनेवाला कारण यही है, इसे पहचानकर तेज चलते हुए हमारी सपत्तिया बढाओ । इस मत्र से अग्नि को सूघे । अग्नि मूल कारण योनि है । अत. योनिरूप प्राण मे प्रवेश करो । (1-2)

'गाव से आग लाकर उसे जलाए । अग्नि न मिलने पर जल मे हवन करें । जल ही समस्त देवता है । मै इनको हवि देता हू ।' इस मत्र को पढकर 'स्वाहा' कहे फिर होम निकालकर थोडा खा ले । घी युक्त हवि रोगनाशक है । मोक्ष मत्र को इस प्रकार पढें—'वह ब्रह्म ही उपासना योग्य है' फिर शिखा को उखाडकर तीन बार 'मैंने सन्यास ले लिया है' कहे । सन्यास ग्रहण की यही विधि है ।' याज्ञवल्क्य से जनक ने पुन: पूछा कि 'बिना जनेऊ के ब्राह्मण कैसे रह सकता है ?' इसके समाधान मे याज्ञवल्क्य पुन. बोले, 'इस विधि के बाद सन्यासी वर्णहीन हो जाता है (अत वह ब्राह्मण आदि कुछ भी नही रहता) । वह मुडित सिर, पवित्र, अपरिग्रही तथा भिक्षाजीवी, ब्रह्म को प्राप्त होता है । सन्यास का यही मार्ग है । उसके लिए अग्नि-प्रवेश, जल-प्रवेश, वीरगति अथवा मोक्ष के बाद मृत्यु मार्ग भी ब्रह्म द्वारा बनाया गया है । इस मार्ग को सन्यासी ही जानते है । यह ब्रह्म ज्ञान का मार्ग है । (3-5)

'सन्यासियो मे श्रेष्ठ परमहस है । इनका कोई लिग (पहचान का चिह्न) नही होता, इनका आचरण भी गुप्त होता है । ये पागल न होकर भी पागलों जैसा व्यवहार करते है । सवर्तक, आरुणि, श्वेतकेतु दुर्वासा, ऋभु आदि परमहंस ही थे । ये स्त्रियो से विमुख, त्रिदंडी कमडलु वाले जल के समान पवित्र होते है । 'भू स्वाहा' कहकर शिखा एव जनेऊ का त्याग कर देते है । ये सुख-दु ख से दूर, कुछ भी सचय न करनेवाले, ब्रह्म तत्त्व को जाननेवाले, शुद्ध मन होते है तथा केवल प्राणो को रखने के लिए भिक्षा लेते है । इनके लिए लाभ-हानि समान है और हाथ ही पात्र है । ये कमडलु से

पूर्व की दिशा मे गायत्री है, जिसका वर्ण लाल है। दक्षिण मे सावित्री है, जो सफेद वर्ण की है। पश्चिम दिशा मे सरस्वती है, जो श्याम वर्ण की है तथा पृथ्वी, अतरिक्ष एव स्वर्ग तक इनका विस्तार है। गायत्री, सावित्री तथा सरस्वती क्रमश 'ओम्' की अ, उ तथा म् है और तीनो क्रमश उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित स्वर रूपी है। (वेदों मे किसी भी स्वर को उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित, इन तीन रूपो मे उच्चारित किया जाता है।)

प्रातःकालीन सध्या हस पर बैठनेवाली ब्राह्मी है। मध्याह्न (दोपहर) की संध्या बैल पर बैठनेवाली माहेश्वरी है। सायकालीन सध्या गरुड वाहिनी वैष्णवी है। प्रात की सध्या गायत्री कुमारी, रक्त के वर्ण (लाल) की, ऐसे ही वस्त्रोवाली, लाल चदन से युक्त, लाल मालाए धारण करनेवाली, पाश, अंकुश, अक्षमाला तथा कमडलु आदि से सुशोभित हाथोंवाली, हस पर सवारी करनेवाली, ब्रह्मा देवतावाली तथा ऋग्वेद सहिता एव सूर्य के मार्ग पर चलनेवाली है। यही पृथ्वी पर निवास करती है।

मध्याह्नवाली सध्या युवती के रूपवाली सावित्री है। यह श्वेत (सफेद गोरे) रग की, सफेद वस्त्रो को धारण करनेवाली, सफेद चदन आदि सुगधित पदार्थो से युक्त तथा सफेद मालाए धारण करनेवाली है। यह हाथो मे त्रिशूल एव डमरू धारण करती है और इसका वाहन बैल है। इसके देवता रुद्र तथा वेद यजुर्वेद है। आदित्य पथ (सूर्य का मार्ग) से चलती हुई यह 'भुव' लोक मे स्थित होती है।

सायकालीन सध्यारूपी सरस्वती वृद्धा, काले रग की, काले ही वस्त्र धारण करनेवाली, काले सुगधित पदार्थो वाली तथा काली मालाए धारण करनेवाली है। इनके हाथो मे शख, चक्र तथा गदा है। ये सबको अभय देने की मुद्रा मे रहती है। इनका वाहन गरुड, देवता विष्णु तथा वेद सामवेद है। ये सूर्य के मार्ग से जाती हुई स्वर्गलोक मे स्थित होती है।

यह गायत्री अग्नि-वायु-सूर्यरूप, दक्षिणाग्नि-गार्हपत्य अग्नि-आह्वनीय अग्नि-रूप, ऋक्, यजु, साम रूप, भू-भुव-स्व-व्याहृति रूप, प्रात- मध्याह्न- सायकालीन सध्या रूप तथा सत्त्व-रजस्-तमस् तीनों गुणो का रूप है। यही जागृत, स्वप्न एव सुषुप्ति इन तीन अवस्थाओ के रूपवाली भी है। वसु, रुद्र तथा आदित्य भी इसी के रूप हैं। यह गायत्री, त्रिष्टुप एव जगती छदों का रूप भी है। ब्रह्मा, विष्णु एवं शकर रूप भी है। यही इच्छा-शक्ति, ज्ञान-शक्ति एव क्रिया-शक्ति का रूप भी है। यही स्वराट् विराट् एवं ब्रह्मरूप भी है।

गायत्री में चौवीस अक्षर होते हैं, इसका उल्लेख पहले ही हो चुका है। अब इसका पहले से चौबीसवें तक कौन-सा अक्षर कौन-से देवता का रूप है यहां यही बताया गया है। इसके पहले अक्षर से चौवीसवे अक्षर तक प्रत्येक अक्षर के देवता क्रमश इस प्रकार है—अग्नि, प्रजापति, चद्रमा, ईशान, सविता, गार्हपत्य, मत्र, भग, अर्यमा, सविता, त्वष्ट्रा, पूषा, इद्राग्नि, वायु, वामदेव, मित्रावरुण, भ्रातव्य, विष्णु, वामन, विश्वेदेव, रुद्र, कुवेर, अश्विनी कुमार तथा ब्रह्मा।

इसी प्रकार देवताओं की ही तरह इसके प्रथम से चौवीसवें अक्षर तक प्रत्येक अक्षर के ऋषि इस प्रकार हैं—वसिष्ठ, भारद्वाज, गर्ग, उपमन्यु, भृगु, शाडिल्य, लोहित, विष्णु, शतातप, सनत्कुमार, वेदव्यास, शुकदेव, पराशर, पोंड्रक, ऋत, दक्ष, कश्यप, अत्रि, अगस्त्य, उद्दालक, आगिरस, नामकेतु,

94. सावित्री उपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायतु ममागानि वाक्प्राणचक्षुष श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मोपनिषद् माह ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोद निराकरणमस्त्वनिराकरण मेऽस्तु। तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सतु। ते मयि सतु।

ॐ शाति शाति शांति।

'मेरे अग वृद्धि को प्राप्त हो। वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इद्रिया तथा बल समृद्ध हो। यह उपनिषद् ब्रह्म स्वरूप जानने योग्य है। ब्रह्म मेरा परित्याग न करे। मै ब्रह्म का परित्याग न करू। हमारा परस्पर अनिराकरण हो। मै उपनिषदो के अध्ययन मे निरत रहू, इनका ज्ञान मुझे प्राप्त हो। दैहिक, दैविक एव भौतिक तीनो प्रकार के ताप नष्ट हो।'

सविता कौन है और सावित्री कौन है ?—अग्नि ही सविता है और पृथ्वी ही सावित्री है, जहा अग्नि है, वही सावित्री है तथा जहां सावित्री है, वही सविता है। वे दो योनि और एक जोडा है। सविता कौन है तथा सावित्री कौन है ?—वायु ही सविता है तथा आकाश ही सावित्री है। जहा वायु है, वही आकाश है तथा जहां आकाश है, वही वायु है। अत दोनो दो योनि तथा एक मिथुन (जोडा) हैं। कौन सविता है एवं कौन सावित्री है ?—यज्ञ सविता है एव छद सावित्री है। जहा यज्ञ है, वही छद है एवं जहा छद है, वही यज्ञ है। दोनो दो योनि एव एक युगल है। सविता और सावित्री कौन है ?—गरजनेवाले बादल सविता है तथा विद्युत सावित्री है। जहा गरजनेवाले बादल रहते है, वही सावित्री रहती है और जहा सावित्री रहती है, वही गरजनेवाले बादल रहते है, अत दोनो दो योनि एव एक युगल है। कौन सविता है और कौन सावित्री है ?—आदित्य (सूर्य) सविता है तथा द्यौ (द्युलोक) सावित्री है। जहा आदित्य है, वही सावित्री है और जहां सावित्री है वही आदित्य है। दोनो दो योनि तथा एक युगल है। कौन सविता है और कौन सावित्री है ? चद्रमा सविता है और नक्षत्र सावित्री है। जहा चद्रमा है, वही नक्षत्र है और जहा नक्षत्र है, वही चंद्रमा है। दोनो दो योनि एवं एक युगल हैं। कौन सविता है और कौन सावित्री है ?—मन ही सविता है तथा वाणी ही सावित्री है। जहा मन है, वही वाणी है और जहां वाणी है, वही मन है। दोनों दो योनि एव एक जोड़ा है। कौन सविता है तथा कौन सावित्री है ?— पुरुष सविता तथा स्त्री सावित्री है अत जहा पुरुष है, वही स्त्री है, जहा स्त्री है, वही पुरुष है। दोनों दो योनि तथा एक युगल हैं। (1-9)

सावित्री का प्रथम चरण 'तत्सवितुर्वरिण्य' है। (उस सविता का वरण करने योग्य है)। अत· यहा अग्नि, जल एव चद्रमा ही वरण करने (अपनाने, स्वीकार करने) योग्य है। इस मत्र का द्वितीय चरण 'भर्गो देवस्य धीमहि' (देव के यश का ध्यान करते है) यहा भर्ग अर्थात यश का अर्थ पृथ्वी, अग्नि, आदित्य एवं चद्रमा हैं, अत इन्ही का ध्यान करना चाहिए। मत्र का तीसरा चरण 'धियो यो न प्रचोदयात्' (जो हमारी वुद्धियों को प्रेरणा दे) है। इसके अर्थ को जो स्त्री एवं पुरुष गृहस्थ में

मुद्गग तथा आगिरस विश्वामित्र । (सृष्टि प्रलय के बाद वेद भगवान् मे समा जाते है, तब इनके का जो ऋषि पहले दर्शन करता है, वही उस मंत्र का ऋषि कहा जाता है । इसी तरह गायत्री म चौवीस अक्षरो के दर्शन इन चौवीस ऋषियों को हुए, अत ये अपने द्वारा देखे गए अक्षरो के है ।)

गायत्री , त्रिष्टुप्, जगती, अनुष्टुप्, पक्ति, वृहती एवं उष्णिक्, ये तीन चरणोवाले छद कहे हैं । प्रह्लादिनी, प्रजा, विश्वभद्रा, विलासिनी, प्रज्ञा, शाता मा, काति, स्पर्शा, दुर्गा, सरस्वती, वि विशालाक्षी, शालिनी, व्यापिनी, विमला, तमोहारिणी, सूक्ष्म अवयवा, पद्मालया, विरजा, विश्व भद्रा, कृपा तथा सर्वतोमुखी, ये चौवीस गायत्री की शक्तियां है । पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आ गंध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द, वाणी, पैर, पायु, उपस्थ, त्वचा, आंख, कान, जीभ, नाक, मन, बुद्धि, अह चित्त तथा ज्ञान, ये चौबीस गायत्री के प्रत्येक अक्षर के तत्त्व है ।

चंपक, अतसी, कुकुम, पिगल, नील, अग्निप्रभा, उगता सूर्य, विद्युत, तारक, सरोज, सफेद म मणि, शुक्ल, कुंद, चंद्रमा, शख, पाडुनेत्र, नीला कमल, चदन, अगरु, कस्तूरी, गोरोचन तथा कपू पदार्थो के समान ही गायत्री का प्रत्येक अक्षर अत्यत पवित्र है । इनका आश्रय लेने से समस्त पा (पाप), उपपातक, महापातक, अगम्य गमन (जिसका परस्पर शारीरिक सबध वर्जित होते हुए भी ऐसा करे, तो उससे लगनेवाला पाप), गोहत्या, ब्रह्महत्या, भ्रूणहत्या, वीरहत्या, मानवहत्या, सारे ज मे की गई हत्याए, स्त्रीहत्या, गुरुहत्या, पिता की हत्या, प्राणिहत्या, चर या अचर की हत्या, न र योग्य को खा लेने का पाप, दूसरे की सपत्ति के हरण का पाप, नीच के हाथ का खाना, शत्रुह चांडाल से शारीरिक सबंध आदि समस्त पापों से मुक्ति मिलती है ।

जिसके सिर मे ब्रह्मा है, चोटी के अग्र भाग में विष्णु है, ललाट मे रुद्र है, नेत्रो मे सूर्य-च कानों में शुक्र-वृहस्पति है, नासिका छिद्रों में अश्विनी कुमार हैं, दातो तथा होठो मे दोनो सध्या मुख में वायु, स्तनों मे वसु आदि है, हदय मे पर्जन्य है, उदर में आकाश है, नाभि मे अग्नि है, व में इद्राग्नि है, जाघों मे प्रजापति है, उरु में कैलाश का मूल है, घुटनो में विश्वेदेव है, गुल्फ मे शि है, नाखूनों मे पृथ्वी, वनस्पतिया आदि है तथा नौ ग्रह ही जिसकी अस्थिया है । आते केतु, ऋतुए है, सधियां (जोड़) एव पलकों को झपकाना ही दिन एवं रात्रि है ।

जो इस गायत्री रहस्य का अध्ययन करता है, उसे हजारों यज्ञों को करने का फल मिलता जो इसको पढ़ता है, उसके रात्रि में किए हुए पाप नष्ट होते है । प्रात· और दोपहर मे पढ़ने से छ तक के किए हुए पाप नष्ट हो जाते हैं । सायकाल तथा प्रातकाल दोनो समय इसके अध्ययन जन्म-भर किए हुए पाप नष्ट हो जाते हैं । जो ब्रह्म को जाननेवाला इस गायत्री रहस्य को पढता है, साठ हजार गायत्री जप का फल मिलता है । उसे समस्त वेदों के अध्ययन का तथा सभी तीर्थ स्नान का फल प्राप्त होता है । वह अपेय पान (न पीने योग्य पदार्थों को पीने मे लगा पाप) से पा हो जाता है, अभक्ष्य भक्षण से पवित्र हो जाता है तथा दुराचारिणी स्त्री के साथ सहवास उत्पन्न से मुक्त हो जाता है । वह ब्रह्मचारी न भी हो, तो ब्रह्मचारी हो जाता है । हजार बार के अपेय पा भी पवित्र हो जाता है । आठ ब्रह्मवेत्ताओं को इसकी दीक्षा देने मे वह ब्रह्मलोक को प्राप्त करता ऐसा भगवान ब्रह्मा ने कहा हैं ।

रहकर संतान की उत्पत्ति करते हुए (या अन्य भी) जानते है, उनकी बार-बार मृत्यु नही होती, अर्थात् वे पुनर्जन्म से मुक्त हो जाते है। (10-13)

बल एवं अतिबल नामक विद्याओ के ऋषि विराट् पुरुष तथा छद एव देवता दोनो गायत्री है। इसके बीज, शक्ति तथा कीलक क्रमश 'अ', 'उ' एव 'म्' है। भूख से मुक्ति के लिए इसका विनियोग होता है। इसका अगन्यास केवल 'क्ली' से किया जाता है। इसमे ध्यान जिसके हाथो मे अमृत है जो सजीवनी शक्ति से युक्त है, जो पापो को दूर करने मे कुशल है, जो वेदो के सार है, जो किरणों के समान है, अविकारी प्रणव तथा सूर्य के समान आकारवाली बल-अतिबल नामक देवताओ का मै सदा ही अनुभव करता हू। (इस प्रकार के ध्यान के बाद 'ॐ ह्री बले' इत्यादि मत्र का अनुष्ठान किया जाता है। इससे व्यक्ति को भूख नही सताती, वह उसके वश मे हो जाती है) इन विद्याओं को जाननेवाला धन्य हो जाता है। वह सावित्री के लोक को प्राप्त करता है।

□

पानी पीते है, इसमे अन्न जमा नही करते। कमडलु के अतिरिक्त सभी जल-भूमि इनके पात्र है। सारी भूमि इनका घर है। खडहर, मदिर, घास-फूस, दीमकों की बाबी, वृक्ष तल, कुम्हार का छप्पर, यज्ञशाला, नदी-तट, पर्वतो की गुफाए आदि इनके घर है। ये प्रयत्नपूर्वक अपने शुभ-अशुभ कर्मों को नष्ट करते हुए देह त्याग करते है। (6-8)

'आशांवर (दिगबर-वस्त्र रहित) संन्यासी किसी को नमस्कार नही करता। वह स्त्री, पुत्र आदि से मुक्त तथा लक्ष्य आदि से रहित होता है। वह परमेश्वर बन जाता है। सन्यासी अपने से पहले संन्यासी बने व्यक्ति को अपने धर्म के अनुसार नमस्कार करे, किसी अन्य को नही। आलसी, चचल, चुगलखोर तथा झगडालू—ऐसे सन्यासी भी होते हैं, जिन्हे वेदो ने दूषित माना है। नाम, रूप आदि से ऊपर ब्रह्म को जाननेवाला सन्यासी सभी को अपना ही रूप समझता है, अत वह किसे प्रणाम करे ? या वह चाडाल, गाय, गधे आदि मे भी ईश्वर को देखकर उन सबको दडवत् प्रणाम करता है। मांस से बनी नसो-हड्डियो से युक्त स्त्री शरीर चंचल पिटारी ही है, इसमे क्या सुदरता है ? इस शरीर से त्वचा, मास आदि को जरा अलग-अलग करके देखो, तब कौन-सी चीज सुदर लगती है ? फिर इससे लगाव क्यो ? (9-15)

'स्त्री के स्तन की उपमा मेरु पर्वत की चोटी से गिरनेवाली गंगा से दी जाती है। श्मशान मे कटकर गिरा हुआ तथा कुत्ते द्वारा खाया जाता हुआ वही स्तन लोथड़ा लगता है। कजरारे चचल नयनोवाली सुंदरिया बडी मनोहर लगती है, किंतु ये भयकर अग्नि के समान पुरुष रूपी तिनको को जला डालती है। दूर से ही चित्त चुरानेवाली नारियां बडी ही रसमय लगती है, वस्तुत ये नरक के अग्नि की सुंदर लगनेवाली ईधन है। बहेलिए कामदेव ने पुरुष रूपी पक्षियो को फसाने के लिए स्त्रियो को जाल बनाया है। जन्म तलैया है, मनुष्य मछली है, उसका चित्त कीचड है, वासनाए रस्सी है तथा स्त्रिया मछली पकडने का काटा है। स्त्री सभी दोषो की पिटारी है तथा दु खो की जजीर है। स्त्री भोग है। स्त्री को छोड़ना जगत को छोडने के समान है, जगत (माया) को छोडकर कौन सुखी नही होता। पुत्र भी दु ख देनेवाला है। न हो तो दु ख, गर्भपात हो तो दु ख, प्रसव मे मा को कष्ट, बीमार हो जाए, तो दु ख, धूर्त हो तो दु ख, जनेऊ हो जाने पर भी मूर्ख रहे तो भी दु ख, क्योंकि विवाह होना भी कठिन हो जाता है। यही नही, पुत्र यदि युवक होने पर परस्त्री से भोग करे या दरिद्र हो और अधिक सतानवाला हो या धनी भी हो यदि मर जाए तो सब प्रकार से दु ख-ही-दु ख। पुत्र से मिलनेवाले दु खों का अत नही है। (16-26)

'संन्यासी के हाथ-पांव, नेत्र तथा वाणी चचल नही होने चाहिए। उसे इंद्रियों को जीतकर ब्रह्मचारी होना चाहिए। वह सासारिक बधन के कारण अपने शरीर को तथा शत्रु को भी समान समझता है, अत अपने अगो के समान वह किसी पर क्रोध नही करता। अपकार करनेवाले मे क्रोध करने के स्थान पर क्रोध से ही क्रोध क्यों न किया जाए, क्योंकि क्रोध धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष, सबका शत्रु है। अपने आधार (व्यक्ति) को ही नष्ट करनेवाले हे क्रोध ! तुझे नमस्कार करता हू। मुझे वैराग्य और ज्ञान देने वाले को भी नमस्कार। लोगो के सोने पर ज्ञानी जागता है, जब वे जागते हैं, तब यही योगी सो जाता है (लोगों के विषयों मे डूबने पर भी यह सावधान रहता है)। 'मैं अनघ चिन्मय हूं, यह सृष्टि भी वही है,' योगी ऐसी ही भावना करे। यही परमपद का उपदेश है।' (27-33) □

95. सरस्वती रहस्योपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविराम ऐधि वेदस्य न आणीस्थ. । श्रुत मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रात् सदधाम्यमृत वदिष्यामि। सत्य वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्अवतु वक्तारमवतु वक्तारम्।

ॐ शांति शांति शांति ।

'हे परमात्मा,मेरी वाणी मन मे प्रतिष्ठित हो,मेरा मन वाणी में प्रतिष्ठित हो,तुम मेरे समक्ष प्रकट होओ। मुझे वेदो का ज्ञान दो। मै सुने हुए ज्ञान को न भूलूं। इस अध्ययन मे मै रात-दिन एक कर दू,मैं ऋत एव सत्य बोलू। मेरी रक्षा करो। मेरे गुरु की रक्षा करो। हम दोनो की रक्षा करो। दैहिक, दैविक तथा भौतिक,तीनों प्रकार के ताप (कष्ट) शात हो।'

ऋषियो ने भगवान् आश्वलायन की पूजा करके उनसे पूछा,'भगवन्, वह कौन-सा ज्ञान है, जिससे 'तत्' शब्द से सूचित किए जानेवाले उस परम ब्रह्म का ज्ञान हो जाता है ? उस ज्ञान की प्राप्ति किस प्रकार होती है ? और आपको किस विधि से उपासना करने पर यह तत्त्व ज्ञान हुआ ? कृपया इस विषय मे विस्तार से बताए।' इस पर आश्वलायन ने बताया,'हे ऋषियो । मैंने बीज मत्र और ऋचाओ के सहित दस श्लोकोंवाली सरस्वती की स्तुति की है और इसी के जप से यह सिद्धि प्राप्त की है।' इस उत्तर को सुनने पर ऋषियो ने पुन· पूछा,'हे सुंदर व्रत करनेवाले आश्वलायन ऋषि। इस सरस्वती के मत्र को आपने कैसे प्राप्त किया ? किसके ध्यान से इसकी प्राप्ति हुई ? जिससे आपने भगवती सरस्वती को प्रसन्न किया ?'

इन प्रश्नो के उत्तर मे ऋषि आश्वलायन ने बताना आरभ किया,'इस दस श्लोकी सरस्वती महामत्र का ऋषि मै आश्वलायन स्वय हू, इसका छद अनुष्टुप् है तथा इसकी देवता भगवती वागीश्वरी है। इसका बीज 'वाक्', शक्ति (देवीवाच) एव कीलक 'प्रणोदेवी' है। भगवती वागीश्वरी को प्रसन्न करने के लिए इसका विनियोग किया जाता है। इस उपासना मे श्रद्धा,मेधा, प्रज्ञा,धारणा,वाग्देवता एवं महा सरस्वती इन शब्दो से करन्यास,अगन्यास आदि किया जाता है। (1-4)

'हिम,कपूर,मोती या चद्रमा की प्रभा के समान शोभावाली,शुभ करनेवाली,सोने के समान पीले रग के चपा के पुष्पों की माला से सुशोभित,उभरे हुए पुष्ट स्तनोवाली। सुंदर अगोवाली वाणी (सरस्वती) देवी को मै सिद्धि प्राप्त करने के लिए नमस्कार करता हू। इस प्रकार ध्यान करना चाहिए।

(i) 'प्रणो देवी' इस मत्र के ऋषि भरद्वाज,छद गायत्री तथा देवता सरस्वती है। प्रणव (ॐ) ही इसकी बीज,शक्ति तथा कीलक है। मनोकामना की पूर्ति के लिए इसका विनियोग किया जाता है। मत्र से ही इसमें अगन्यास आदि किया जाता है।

98. सौभाग्यलक्ष्मी उपनिषद्

शांतिपाठ .

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविराम एधि, वेदस्य न आणीस्थ श्रुत मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रात्सदधाम्यमृत वदिष्यामि । सत्य वदिष्यामि । तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवसु । वक्तारमवतु वक्तारम् ।

ॐ शांति. शाति शाति ।

'हे परमात्मा,मेरी वाणी मन मे प्रतिष्ठित हो,मेरा मन वाणी में प्रतिष्ठित हो,तुम मेरे समक्ष प्रकट होओ । मुझे वेदों का ज्ञान दो । मै सुने हुए ज्ञान को न भूलूं । इस अध्ययन मे मै रात-दिन एक कर दू,मै ऋत एव सत्य बोलूं । मेरी रक्षा करो । मेरे गुरु की रक्षा करो । हम दोनो की रक्षा करो । दैहिक, दैविक तथा भौतिक,तीनो प्रकार के ताप (कष्ट) शांत हो ।'

प्रथम खंड

देवताओ ने भगवान आदिनारायण से सौभाग्यलक्ष्मी विद्या के विषय मे जानना चाहा, तो भगवान बोले, 'आप सब सावधान होकर सुने । यह तुरीय ही नहीं, अपितु तुरीयातीत अवस्था से भी परे सबसे भयंकर मंत्ररूपी आसन पर बैठनेवाली है, जो पीठो एव उपपीठो पर सुशोभित देवताओं से घिरी हुई है । इस प्रकार की चार भुजाओवाली लक्ष्मी का श्री सूक्त की पद्रह ऋचाओ से ध्यान करना चाहिए । इन ऋचाओ के ऋषि अंगिरा,आनद,कर्दम और विचलित है । प्रथम तीन ऋचाओ मे अनुष्टुप् फिर चौथे मे वृहती,पांचवे-छठे मे त्रिष्टुप्,सातवे से चौदहवे तक अनुष्टुप् तथा पद्रहवे में प्रस्तार पंक्ति छद है । सभी का देवता श्री और बीज अग्नि है । इनमे 'का सोऽस्मि' शक्ति है । 'हिरण्मयायै','चद्रायै','रजतस्रजायै','हिरण्यस्रजायै','हिरण्यवर्णायै','हिरण्यायै',इन शब्दो के प्रारभ में 'ॐ तथा अत मे 'नम' लगाकर न्यास करना चाहिए। फिर इस प्रकार ध्यान करना चाहिए—लाल कमल पर विराजमान कमल के पराग के समान रग की लक्ष्मी अभय मुद्रा मे है । उनके हाथो मे ताजे कमल है और वह मणि आदि से अलंकृत है,ऐसी समस्त भुवनो की माता सरस्वती हमारी श्री को बढाएं ।

पीठ में कर्णिका के अंदर साध्य (कार्य) तथा श्री बीज लिखें । आठ,बारह तथा सोलह दलो के बीज मे श्री सूक्त की आधी-आधी ऋचा लिखे । भूमि पर बने वृत्त मे फलश्रुति ऋचा लिखे और सोलह दलों के कमल के बीच से 'अ' से 'स' तक वर्णो को लिखे । सबसे ऊपर वषट् एव त्वरिता के बीज के साथ श्री बीज लिखे । पहले आवरण की पूजा यत्रों द्वारा,दूसरे की पद्मनिधियो द्वारा, तीसरे की लोकपालों द्वारा तथा चौथे आवरण की पूजा वज्र आदि आयुधो द्वारा होती है । फिर ऋचाओ से आह्वान के बाद सोलह हजार जप से पुरश्चरण किया जाता है । इस सौभाग्यलक्ष्मी के एकाक्षर मंत्र में भृगु ऋषि,नीचृद गायत्री छद तथा श्री देवता हैं । बीज भी श्री है तथा इसी से अगन्यास भी होता है । 'यथाद०' इस श्लोक से ध्यान किया जाता है । इसमे भी तीन वृत्तों का

'वेदांत का तत्त्व ही जिसका स्वरूप है, नाम एवं रूप दोनों प्रकार का जगत् जिससे आत्मावाला है, वह सरस्वती मेरी रक्षा करे। विभिन्न विद्याओ का दान देने से शोभा युक्त वह सरस्वती स्तुति करनेवालों की रक्षा करती है। वह अन्न की स्वामिनी है। वह साधकों को अन्न एवं बुद्धि प्रदान करे।

(2) 'आ नो दिव' इस मंत्र के ऋषि अत्रि हैं, इसमें छद त्रिष्टुप् है और देवता सरस्वती है। इस मत्र में बीज, शक्ति तथा कीलक तीनो 'ही' हैं। मनोकामना पूर्ण करने के लिए इसका विनियोग होता है। मंत्र से ही अंगन्यास किया जाता है।

'अपने अंगों एवं उपागों के साथ चारो ही वेदों में जिसका गुणगान किया जाता है, वह अद्वैत ब्रह्म की शक्ति माता सरस्वती मेरी रक्षा करे।'

'हमारी उपासना से देवी सरस्वती ज्योतिर्मय स्वर्गलोक से पर्वतों के समान बादलो के बीच से होकर हमारे यज्ञ में आएं और हमारे प्रजा के स्तोत्रों से प्रसन्न हों। वह अपनी अच्छा से इन सुख प्रदान करनेवाले स्तोत्रों को सुने।'

(3) 'पावकान.', इस मत्र के ऋषि मधुछदा है, छंद गायत्री है तथा देवता सरस्वती है। 'श्री' इस मंत्र मे बीज, शक्ति एव कीलक है। कामना की सिद्धि के लिए इसका विनियोग किया जाता है। इसी मंत्र द्वारा इसमें भी अंगन्यास किया जाता है।

'जो सरस्वती अक्षरों में, शब्दों में तथा वाक्यो मे उनके अर्थ सहित व्याप्त है, जिनका आदि (उत्पत्ति) एव अंत नही है तथा जो अनंत रूपोंवाली हैं, वह देवी मेरी रक्षा करें।'

'जो सवको पवित्र करनेवाली है, जो अन्न और कर्म द्वारा प्राप्त होनेवाले धन की कारण है, वह देवी सरस्वती हमारे यज्ञ में आने की इच्छा करें।

(4) 'चोदयित्री०' इस मत्र के ऋषि मधुछदा हैं, छंद गायत्री है और देवता सरस्वती हे। इसमे बीज, शक्ति एवं कीलक तीनों ही 'व्लूम' है। इच्छा-पूर्ति के लिए ही इसका विनियोग किया जाता है तथा अगन्यास इसी मंत्र से किया जाता है।

'जो सरस्वती देवताओ के लिए भी अध्यात्म एवं अधिदेवस्वरूपा हे तथा जो हमारे ऊपर बोलनेवाली शक्ति के रूप मे विद्यमान हैं, वह सरस्वती हमारी रक्षा करे।'

'जो सुंदर एव प्रिय बोलने की प्रेरणा देती हे और जो सुंदर बुद्धिवाले श्रेष्ठ लोगो के कर्तव्य का बोध कराती है, वह सरस्वती हमारे इस यज्ञ को धारण करें।'

(5) 'महो०' इस मंत्र के ऋषि मधुच्छदा हैं, छद गायत्री है तथा देवता सरस्वती है। बीज, शक्ति एवं कीलक 'सौ:' है। इसी मत्र मे न्यास किया जाता है।

'जो अतर्यामी आत्मा के रूप म तीनों लोकों को नियत्रित करती हैं तथा जो रुद्र, आदित्य आदि सभी देवताओं के रूप में स्थित हैं, वह सरस्वती देवी मेरी रक्षा करें।'

'नदी के रूप में उत्पन्न होकर प्रवाह से वह सरस्वती अपने कार्यों का परिचय देती हैं तथा अपने समुद्र के समान जल को व्यक्त करती हैं। यही सरस्वती सबको कर्तव्य बुद्धि प्रदान करती हैं।'

रमापीठ वनाकर अष्टदल कमल की कर्णिका में साध्य के साथ श्री वीज लिखें। फिर ओकार एवं अंत में 'यै' लगाकर विभूति,उन्नति आदि नौ शक्तियों की पूजा करें। अंगन्यास द्वारा प्रथम आवरण की पूजा करे,द्वितीय आवरण में वासुदेव सकर्षण आदि की क्रमश. पूजा करें, तृतीय आवरण में वालक्य आदि की तथा चतुर्थ में इंद्र आदि की पूजा करें। इसमे वारह लाख जप होता है। (1-14)

श्री लक्ष्मीवरदा,विष्णुप्रिया आदि नामो से शक्ति पूजा की जाती है। निष्काम उपासकों को ही श्री विद्या की सिद्धि होती है,किसी कामना से उपासना करने पर कभी सिद्धि नही मिलती।

द्वितीय खंड

देवताओं द्वारा तुरीय माया द्वारा वताए गए तत्त्वों के विषयो में पूछे जाने पर भगवान आदिनारायण वोले,'योग से ही योग की वृद्धि होती है,अत योग से ही योग को जानना चाहिए। योग के प्रति सावधान रहनेवाला योगी लवे समय तक सुख प्राप्त करता है। निद्रा को वश मे करके अल्प भोजन करनेवाला योगी सुविधावाले एकांत स्थान में विरक्त होकर प्राणायाम का अभ्यास करता है। मुख से वायु को खींचकर नाभि में अपान के साथ इसका संयोग करते है। फिर अंगूठो, अगुलियों तथा हथेलियो से कानो, आंखो एवं नाक को वंद करके प्राणायाम में प्रणव का चितन करता हुआ योगी आत्मा से साक्षात्कार करता है। इस अभ्यास से एक अवस्था आने पर सुषुम्ना से प्रणव का आहत नाद सुनाई देता है। अनाहत चक्र मे ध्वनि सुनने पर अनेक घोष सुनाई देते है। तव शरीर में दिव्यता, सुगध आदि लक्षण आ जाते हैं। शून्य में ध्वनि सुनने पर योगाभ्यास करने से इच्छा शक्ति मे प्रेरित होकर प्राण स्वाधिष्ठान चक्र को भेदकर सुषुम्ना मे चला जाता है। पद्मासन के दृढ़ होने पर विष्णु ग्रंथि के भेदन से परम आनद मिलता है। प्राण के नाडी से घर्षण पर भेरी का तथा मणिपूरक चक्र को भेदने पर मृदंग का शब्द होता है। प्राण वायु के महाशून्य मे जाने पर सभी सिद्धिया तथा इसके द्वारा तालुचक्र के भेदन से चित्त का आनद मिलता है। (1-9)

'साधना के अत मे शब्द रूप मे प्रणव स्वय प्रकट होता है। तव चित्त उसी में लीन हो जाता है। मायामय शरीर ब्रह्म को समर्पित हो जाता है। जो योगी आत्मा को सर्वव्यापक मानता हो योग पर विजय प्राप्त करे। निर्विकल्पक समाधि से कैवल्य में स्थिति हो। यहा योगी अहभाव तथा माया से मुक्त होकर शोक मुक्त हो जाता है। पानी मे नमक के समान आत्मा का परमात्मा मे लीन हो जाना ही समाधि है। मन, वुद्धि आदि की शून्यता तथा दु खहीन अवस्था समाधि है। शरीर के चलने पर भी चित्त की निश्चलता एवं ध्यानमय अवस्था समाधि है। इस स्थिति में मन जहा भी जाता है,उसे ब्रह्म ही देखता है,उसके लिए सर्वत्र ब्रह्म ही है। (10-19)

तृतीय खंड

देवताओं द्वारा नौ चक्रो के विषय में पूछे जाने पर आदिनारायण वोले, 'मूलाधार मे स्थित ब्रह्मचक्र तीन घेरोवाला है। वहा मूलकद में अग्नि के समान कुडलिनी शक्ति का ध्यान करे। वहीं कामरूप पीठ है,जो सभी कामनाओं को पूर्ण करनेवाला है। दूसरा स्वाधिष्ठान चक्र है। इसके मध्य में छ. दलवाले कमल में पश्चिम को मुखवाले लाल लिंग का ध्यान करे। वहीं जगत् को आकर्षित करने की सिद्धि देनेवाला उड्डयाण पीठ है। तीसरा सर्प के समान टेढा नाभि-चक्र है। उसमे विजली तथा करोड़ों उगते सूर्यों के समान कुडलिनी का ध्यान करें। जागृत् होने पर यह अत्यत शक्तिशाली

(6) 'चत्वारि वाक्०' इस मत्र के ऋषि दीर्घतमा, छंद त्रिष्टुप् तथा देवता सरस्वती है। इस मत्र में बीज, शक्ति तथा कीलक 'ऐं' है। इसी मत्र से अगन्यास किया जाता है।

'जो सरस्वती ज्ञानरूपी आतरिक नेत्रोंवाले प्राणियों के समक्ष अनेक रूपो में प्रकट होती है, इस प्रकार सर्वव्यापक वह सरस्वती मेरी रक्षा करें।

'परा, पश्यंती, मध्यमा एवं वैखरी वाणी के ये चार चरण है। ज्ञानी लोग इन्हें सही रूप में जानते हैं। परा, पश्यती एव मध्यमा हृदय गुहा में स्थित रहती है, अत: ये प्रकट नही होती। केवल वैखरी ही बोलने के रूप में प्रयोग में आती है।'

(7) 'यद्वाग्वदति०' इस मंत्र के ऋषि भार्गव, छद त्रिष्टुप् तथा देवता सरस्वती है। इसमे बीज, शक्ति तथा कीलक 'क्ली' है। इसी मत्र से न्यास किया जाता है।

'जो आत्मा निर्विकल्पक होते हुए भी नाम, जाति, गुण आदि आठ रूपो मे प्रकट होती है, वह सरस्वती मेरी रक्षा करे।'

'जो सरस्वती दिव्य (अलौकिक, स्वर्गीय) भावों को व्यक्त करती है, देवताओ को आनद प्रदान करती है तथा अज्ञानियो को ज्ञान देती है, इस प्रकार यज्ञ में विराजमान होनेवाली सरस्वती सभी दिशाओं को सपन्न करती है। ऐसी सरस्वती का परम स्थान कहा है ?

(8) 'देवी वाचम्०' इस मत्र के ऋषि भार्गव, छंद त्रिष्टुप तथा देवता सरस्वती है। बीज, शक्ति एव कीलक 'सौ:' है। इसी मंत्र से अगन्यास किया जाता है।

'व्यक्त एव अव्यक्त वाणियो मे सभी वेद आदि जिसके यश के गीत गाते है, वह सभी इच्छाओ को पूर्ण करनेवाली कामधेनु-रूपी सरस्वती मेरी सभी इच्छाओं को पूरा करती हुई रक्षा करें।'

'वह सरस्वती वाणी रूप मे देवताओ से उत्पन्न होनेवाली है। इसी का प्राणी अनेक रूपो मे उच्चारण करते हैं। वह कामधेनु के समान हैं, वह सुख-संपत्तियां प्रदान करती है। इन श्रेष्ठ स्तुतियो से वह हमारे समक्ष प्रकट हों।'

(9) 'उतत्व०' इस मंत्र के ऋषि बृहस्पति, छद त्रिष्टुप् तथा देवता सरस्वती है। इसमे बीज, शक्ति एव कीलक तीनों ही 'स' है। इसी मंत्र से अंगन्यास एव करन्यास किया जाता है।

'जिसके ज्ञान से सारे सासारिक बंधन मिथ्या प्रतीत होने लगते हैं और योगी बंधनो से मुक्त होकर परम ब्रह्म को प्राप्त करते है, वह सरस्वती मेरी रक्षा करें।'

'इस वाणी देवी को कुछ लोग देखकर भी अनदेखा कर देते हैं और कुछ सुनकर भी अनसुना कर देते है। कुछ विरले ही ऐसे भाग्यशाली होते हैं, जिनके सामने वह पति की कामना करनेवाली पत्नी द्वारा समस्त वस्त्रों को उतार देने के समान अपने स्वरूप को प्रकट कर देती हैं।'

(10) 'अंबितम:' इस मंत्र के ऋषि गृत्समद हैं, छंद अनुष्टुप् है तथा देवता सरस्वती है। इसका बीज, शक्ति और कीलक 'ऐं' है। इसमें इसी मत्र से करन्यास आदि किया जाता है।

'इस नाम रूपात्मक जगत् में सर्वत्र उसी को देखते हुए जिस ब्रह्मरूपिणी सरस्वती का योगी लोग ध्यान करते हैं, वह मेरी रक्षा करें।'

सभी सिद्धिया देती है। चौथा मणिपूरक या हृदय-चक्र है। इसमे ज्योतिर्मय लिग जैसी हंस कला का ध्यान करें। यह सारे लोको को वश में करती है। कठचक्र चार अगुल का है। इसके बाए इडा, दाए पिंगला एव दोनों के बीच सुषुम्ना का चितन करें। तालुचक्र अमृत के प्रवाह वाला है। इसमे शून्य के ध्यान से चित्त शून्य मे रत होता है। सातवा अंगूठे जैसा भू चक्र है। वहा ज्ञानमय दीप शिखा का ध्यान करने से वाणी की सिद्धि होती है। ब्रह्मरध्र निर्वाण चक्र है। वहा सुई की नोक के समान धुए की लकीर का चितन करें। यही मोक्ष देनेवाला जालधर पीठ भी है। नौवा आकाश चक्र है। वहा ऊपर मुखवाले सोलह दलोवाले कमल के बीच तीन मुखोवाली कर्णिका मे झुकी हुई शक्ति का ध्यान करे। यही पूर्ण गिरि पीठ है। इस उपनिषद के नित्य अध्ययन से साधक अग्नि एव वायु के समान पवित्र होकर सभी धन, संपत्ति, स्त्री, पुत्र, पशु, सेवक आदि प्राप्त करके मोक्ष पाता है।

□

'हे सरस्वती ! तुम माताओं में, नदियों में तथा देवियों में सबसे वडी हो, तुम हमें प्रशंसा योग्य तथा सम्मत्तिशाली वनाओ। (5-35)'

(महर्षि आश्वलायन को इन्हीं दस मत्रों से तत्त्वज्ञान हुआ था, जिसका उपनिषद् के प्रारंभ मे उल्लेख हुआ है। इनमें मंत्र के ऋषि, छद आदि के वाद सरस्वती का ध्यान तथा वाद मे मत्र दिए गए हैं।)

'हे सरस्वती ! तुम ब्रह्मा के मुखरूपी कमलों के वन में हंस-वधू के समान घूमती रहती हो, अत· हे सफेद अंगोंवाली सरस्वती, तुम नित्य मेरे मानस में विचरण करो। हे शारदा देशवासिनी, मैं नित्य तुम्हारी स्तुति करता हूं, मुझे विद्या का दान दो। अक्षमाला, सूत्र अकुश एव पास धारण करनेवाली तथा मोतियों के हारों से सुशोभित सरस्वती सदा मेरी वाणी में विद्यमान रहे। शख के समान कंठवाली सभी आभूषणों से युक्त वह महासरस्वती मेरी जिह्वा के अग्र भाग मे सदा निवास करें। जो श्रद्धा, धारणा, मेधा तथा ब्रह्मा की प्रियतमा हैं, वह शाति आदि गुणों को देनेवाली सरस्वती अपने भक्तों की जीभ में सदा निवास करती है। जिनके कुंतल (वाल) चंद्रलेखा से अलकृत है, उन सांसारिक संतापों को शांत करनेवाली नदी के समान सरस्वती को मै नमस्कार करता हू। जो कवित्व शक्ति, भय से मुक्ति, भोग या मोक्ष चाहता है, वह ऊपर कहे गए दस श्लोको से नित्य सरस्वती की पूजा करता है। उसे नित्य इस प्रकार सरस्वती की अर्चना करने से केवल छ मास मे ही काय में सिद्धि प्राप्त होती है। इसके परिणामस्वरूप मधुर ललित अक्षरोंवाली गद्य एव पद्य दोनो ही रूपोंवाली वाणी उसके मुख से स्वत ही फूटने लगती है। सरस्वती की कृपा से साधक विना किसी से सुने या पढ़े ही सभी ग्रथों के अर्थों को समझने लगता है। इसमें कोई सदेह नही है। सरस्वती ने स्वयं इस संवंध में ये शव्द कहे है। मैने (आश्वलायन ने) यह सनातन आत्म विद्या को स्वयं ब्रह्मा से प्राप्त किया है, अत मै सदा ब्रह्म ज्ञान से संपन्न रहता हूं। यही मेरी सिद्धि का रहस्य है। (36-46)

'सत्त्व, रजस् एवं तमस् इन तीन गुणों की प्रधानता से प्रकति रची गई। जैसे दर्पण में प्रतिविव होता है, वैसे ही इस प्रकृति में चेतन की छाया सत्य जैसे लगती है। उसी चेतन के प्रतिविव से यह तीन प्रकार की प्रतीत होती है। प्रकृति के कारण ही तुम्हें यह शरीर मिलता है। सत्त्व गुण का अश अधिक होने से प्रकृति माया कही जाती है। उस माया में दिखाई देनेवाला प्रतिविव ही चेतन अर्थात् अजन्मा ब्रह्म है। यह माया सर्वज्ञाता ब्रह्म की आज्ञा का पालन करती है। माया को अपने अधीन रखना अद्वितीय तथा सवका ज्ञाता होना ही ब्रह्म की पहचान है। यह ब्रह्म सभी लोको का साक्षी है। यही सृष्टि को वनाने, न वनाने या अन्य कार्य करने में पूर्ण रूप में समर्थ है। माया की विक्षेप एव आवरण नाम की दो शक्तिया हैं। इनमे विक्षेप शक्ति लिंग शरीर से ब्रह्माड तक सवकी सृष्टि करती है तथा दूसरी आवरण नामक शक्ति द्रष्टा एवं दृश्य तथा ब्रह्म को ढक लेती है, जो ससार का कारण है। वह लिंग देहरूपी वंधन देनेवाली है। इस कारणरूपी प्रकृति मे जव चेतन का प्रतिविव पडता है, तो जीव की उत्पत्ति होती है। इस आवरण शक्ति के नष्ट हो जाने पर जीव इस अतर को जान जाता है, अत वह जीव नही रह जाता (वास्तविकता ज्ञात होने पर वह अपने स्वरूप को जान जाता है तथा ब्रह्म में मिल जाता है)। सृष्टि एव ब्रह्म को ढक लेनेवाली आवरण शक्ति के कारण इसके वश

99. त्रिपुरोपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठिमाविराम एधि, वेदस्य न आणीस्थ श्रुत मे प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रात् संदधाम्यमृत वदिष्यामि । सत्य वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ।

ॐ शांति शांति. शांति. ।

'हे परमात्मा, मेरी वाणी मन मे प्रतिष्ठित हो, मेरा मन वाणी मे प्रतिष्ठित हो, तुम मेरे समक्ष प्रकट होओ । मुझे वेदों का ज्ञान दो । मै सुने हुए ज्ञान को न भूलू । इस अध्ययन मे मै रात-दिन एक कर दू, मै ऋत एव सत्य बोलू । मेरी रक्षा करो । मेरे गुरु की रक्षा करो । हम दोनो की रक्षा करो । दैहिक, दैविक तथा भौतिक, तीनो प्रकार के ताप (कष्ट) शात हों ।'

अज्ञान के कारण माने गए स्थूल, सूक्ष्म एव कारण शरीर, तीन पुर है । ज्ञान, विज्ञान एव सम्यक् ज्ञान तीन पथ है । अ से क्ष तक अक्षर है । इन सबको किसी महान् और सदा रहनेवाली शक्ति के अधीन समझना चाहिए । नौ शक्तिया, नौ चक्र, योग की नौ अवस्थाए तथा इनकी नौ योगिनिया इसी परमात्मा से प्रकाशित होती है । इन चक्रो के आधार नौ भद्राए तथा नौ मुद्राए भी इसी पर आश्रित है । सर्वप्रथम नौ भद्राओ के रूप मे एक ही प्रधानता थी । इंद्रियां, प्राण, अंत करण के उन्नीस तत्त्वो के रूप मे भी यही थी । फिर चालीस शक्तियों के रूप में भी यही विद्यमान थी । यह माता के समान ब्रह्मज्ञान के लिए मुझमे प्रवेश करे । इस माया प्रपच के पहले यही ज्योति होती है । इसके नाश होने पर भी वही ब्रह्मरूप शेष रहता है । अपने से अलावा कुछ भी न देखकर स्वय को ब्रह्म रूप मे देखनेवाला योगी परम प्रकाश से आनदित होता है । तब वह अद्वैत परमात्मा मे स्थित हो जाता है । क्रिया, ज्ञान एव इच्छा-शक्ति रूपी रेखाएं है, जागृत् आदि अवस्थाए स्थान है, लोचन, कठ, हृदय एव सहस्रसार चक्र है, भू, भुव, स्व लोक है । सत्त्व आदि गुणो मे पुन प्रत्येक के तीन भेद है और इनका आश्रय परमात्मा है, उसके साथ रहनेवाली चित् शक्ति कामरूप मे विद्यमान है । इसके साथ तदतिका, मानिनी, मगला आदि पद्रह आवरण देवता है । इन्हे जाननेवाला योगी श्रीचक्र को तृप्त करके शरीर अत मे परमधाम प्राप्त करता है ।

यह मूल विद्या काम, योनि, कामकला, इंद्र, वायु आदि रूपोवाली विश्व माता है । इस विद्या के ज्ञान से योगी अमृतत्व तत्त्व को प्राप्त करता है । यही क्षण से लेकर कला तक के समय को तथा ईश्वर को धारण करती है । योगी इसी के आश्रय से चित्त को शुद्ध करते है । हृदय-कमल मे सूर्य-चद्र से युक्त स्तनबिबवाली, नीचे मुखवाली तथा सभी सुदर अगोवाली परमात्मा की कामकला का ध्यान करने से इच्छाएं पूर्ण होती हैं, किंतु सकाम ध्यान से पुनर्जन्म नही छूटता । इस प्रकार भोग बुद्धि को त्यागकर सभी वर्ण के साधक पुण्यलोक प्राप्त करते है । ऐसा न करने पर विश्वमाता उससे अपनी सिद्धियो को गुप्त रखकर जन्मचक्र में घूमते रहने के लिए छोड देती है ।

में हुआ ब्रह्म अपने वास्तविक रूप मे नही जान पड़ता, आवरण हटते ही ब्रह्म और सृष्टि का अतर स्पष्ट हो जाता है। वस्तुत विकार ब्रह्म मे नही आता, केवल सृष्टि में ही आता है। 'आस्ति' (है), 'भाति' (सुशोभित है), 'प्रिय' 'नाम' और 'रूप' ये पाच अश हैं, इनमे 'आस्ति', 'भाति' तथा 'प्रिय'—ये प्रथम तीन ब्रह्म के स्वरूप है तथा 'नाम' एव 'रूप', ये दो जगत् के स्वरूप है। इन जगत् के भेदो से सबंध रखने पर ही ब्रह्म विश्व के रूप मे प्रकट होता है। (47-58)

'साधक सदा बाहरी-भीतरी दोनों रूपों में समाधि में रहें। हृदय मे सविकल्प और निर्विकल्प दो प्रकार की समाधि होती है। दृश्यानुविद्ध एवं शब्दानुविद्ध के भेद से सविकल्प समाधि दो प्रकार की होती है। चित्त मे समाधि मे काम आदि विकार उत्पन्न होते है। ये सब विकार दृश्य हैं और आत्मा उनका साक्षी होता है। यही दृश्यानुविद्ध सविकल्पक समाधि कही जाती है। जब समाधि मे साधक सोचने लगता है कि मै अद्वैत स्वरूप हूं, आसक्ति रहित तथा स्वयं प्रकाश हूं—इस प्रकार का चितन शब्दानुविद्ध सविकल्प समाधि कही जाती है। निर्विकल्प समाधि मे साधक की स्थिति वायु रहित स्थान में रखे हुए अविचल दीपक के समान हो जाती है। इस हृदय के भीतर होनेवाली समाधि के दो रूप है। ऐसे ही बाहर भी किसी वस्तु मे चित्त एकाग्र हो जाने पर समाधि लग जाती है। द्रष्टा एव दृश्य की बुद्धि से प्रथम प्रकार की समाधि लगती है। जिससे प्रत्येक वस्तु मे उसके नाम एव रूप से अलग केवल चेतन ही प्रतीत होता है, वह दूसरे प्रकार की समाधि है। जिसमें चैतन्य के रस से स्तब्ध अवस्था होती है, वह तीसरी समाधि है। इन्ही समाधियों मे समय बिताना चाहिए। देह का अभियान नष्ट हो जाने पर परमात्मा के ज्ञान से मन जहा-जहा जाता है, वही परम तत्त्व प्रतीत होता है। तब हृदय के सारे बधन नष्ट हो जाते है सारे सदेह मिट जाते हैं और उस सुख के समुद्र के दर्शनो से सारे कर्मो का भी नाश हो जाता है। जो ज्ञानी जीव एव ब्रह्म के इस माया के कारण कल्पित भेद को जान जाता है, वह मुक्त हो जाता है, इसमें कोई संशय नही। (59-68)

□

नेष्काम भावना से इस शक्ति का ध्यान करने से मोक्ष प्राप्त होती है। ऐसे उपासको की ज्ञान आदि
की हवि से तृप्त होकर उपासको को अपने मे मिलाकर स्थित हो जाती है। चारो वेद तथा चौसठ
कलाएं जिस शक्ति का गान करती है, वही इस उपनिषद मे वर्णित है। यह श्रेष्ठ विद्या है।

□

96. देवी उपनिषद्

शांतिपाठ :

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्र पश्येमाताक्षिर्भियंजत्रा
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवां सस्तनुभिर्व्यशेम देवहित यदायु.।
स्वस्ति न इंद्रोवृद्धश्रवा स्वस्ति न पूषा. विश्ववेदा.
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नः वृहस्पतिर्दधातु।

ॐ शांतिः शांतिः शांतिः।

'हम कानों से कल्याणमय वचन सुनें, नेत्रों से कल्याणमय चीजों को देखें और दृढ अगोवाले स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करें। इंद्र हमारा कल्याण करें, पूषा हमारा कल्याण करें। अमंगलनाशक गरुड़ और वृहस्पति हमारा कल्याण करें। दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के दु ख शात हों।'

सारे देवताओं ने देवी के पास जाकर पूछा, 'हे महादेवी, आप कौन हैं?' इस पर देवी वोली, 'मैं ब्रह्मस्वरूपिणी हूं। यह प्रकृति एवं पुरुषवाला जगत् मेरे कारण ही उत्पन्न हुआ है। मे शून्य (कुछ भी नहीं) भी हूं और अशून्य भी हूं। मैं आनंदरूपिणी भी हूं तथा अनानदरूपिणी भी। मैं विज्ञान भी हूं और अविज्ञान भी हूं। मैं ब्रह्म भी हूं और उससे भिन्न भी हूं। मैं आकाश, पृथ्वी आदि पाच महाभूत भी हूं और इनसे भिन्न भी हूं। मैं ही समस्त जगत् हूं। मैं वेद भी हूं और अवेद भी हू। मे ही विद्या और अविद्या हूं। मैं अजा (उत्पन्न न होनेवाली) भी हू और अनजा भी हूं। मे ही रुद्रो, वसुओं, आदित्यों तथा विश्व देवों के रूपों से संचरण करती हू। मे ही मित्रावरुण, इद्राग्नि तथा अश्विनी कुमारों का पालन करती हू। में ही सोम, त्वष्ट्रा, पूषा, भग, तेजस्वी विष्णु, ब्रह्मा, प्रजापति आदि को धारण करती हू। मैं हवि प्रदान करने वाले यजमान के लिए संपत्तियों को धारण करती हू। मैं धनों के साथ चलनेवाली राट्री नामक देवता हूं, मैं ही विश्व का कारण हू तथा समुद्रो मे व्याप्त जल मेरा ही रूप है। इस रहस्य का ज्ञाता देवी के लोक को प्राप्त करता है। (1-7)

तब वे देवता वोले, 'हे देवी। महादेवी। कल्याणमयी। तुम्हें नमस्कार है। तुम प्रकृति हो, समस्त शुभ कार्यों को करनेवाली तथा एक नियत स्थितिवाली हो, तुम्हे नमस्कार है। वह देवी तप से जलते हुए अग्नि के वर्ण की है। सुकर्म फलों की प्राप्ति के लिए हम उसकी प्रार्थना करते हैं। हम अज्ञान के नाश के लिए उस दुर्गा देवी की शरण में जाते हैं। उस देवी ने वाणी के सभी रूपो को उत्पन्न किया है। प्राणी इसके एक भेद का उच्चारण करते हैं। यह कामधेनु के समान सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली भवगती हमारी स्तुतियों से प्रसन्न होकर हमारे पास आए। काल का नाश करनेवाली, जिसकी वेदों ने स्तुति की है, वैष्णवी, स्कद की माता (शिव शक्ति), सरस्वती, अदिति तथा दक्ष-पुत्री नाम से विख्यात उस पवित्र तथा कल्याणमयी देवी को हम नमस्कार करते हैं। हम उस महालक्ष्मी को जानते हैं, उस सर्वसिद्धि का ध्यान करते हैं और वह देवी हमारी बुद्धि को अच्छी

शांतिपाठ :

ॐ भद्र कर्णेभि शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमातक्षिर्भिर्यजत्रा
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवा सस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायु ।
स्वस्ति न इद्रो वृद्धश्रवा स्वस्ति न. पूषा विश्ववेदा
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि स्वस्ति न बृहस्पतिर्दधातु ।
ॐ शांतिः शाति शाति ।

'हम कानो से कल्याणमय वचन सुनें, नेत्रो से कल्याणमय चीजों को देखे और दृढ़ व स्वस्थ शरीर से ईश्वर की स्तुति करते हुए अपनी आयु को ईश्वर के प्रति समर्पित करते हुए व्यतीत करे। इद्र हमारा कल्याण करे, पूषा हमारा कल्याण करे। अमंगलनाशक गरुड और बृहस्पति हमारा कल्याण करे। दैहिक, दैविक और भौतिक तीनो प्रकार के दुःख शात हो।'

देवताओ ने प्रजापति ने पूछा, 'सीता कौन हैं ? उनका क्या रूप है ?' तब प्रजापति बोले, 'सीता मूल प्रकृति है। सीता शब्द तीन शक्तियो को बताता है। 'स' सत्य, अमृत, सोम एवं प्राप्ति सूचक, 'ता' विस्तार एव लक्ष्मी रूप तथा 'ई' सपूर्ण विश्व के कारण विष्णु की योगमाया है। यह माया अपने अनेक आभूषणो से युक्त होकर व्यक्त होती है। प्रसन्न होने पर यह बुद्धि बनकर बोध कराती है। वह अपने व्यक्त रूप मे पृथ्वी से जनक के हल के अग्र भाग से प्रकट हुई। इसका प्रथम रूप शब्द ब्रह्मरूप है। तीसरा 'ई' का रूप अव्यक्त रूप है, यह शौनकीय तत्र का वर्णन है। सदा भगवान राम के समीप रहने के कारण सीता जगत् की आधार है। वही सभी प्राणियो की उत्पत्ति, स्थिति एव सहार करनेवाली है। ब्रह्मवादी इन्हे प्रणव रूप मूल प्रकृति कहते है। वह सभी वेदों, देवों, लोको, धर्मो आदि के रूप में तथा सबकी आधार है। वही महालक्ष्मी है। वही चेतन-अचेतन प्राणियो मे आत्मा रूप मे है। अपने गुणों के विभाग से वही देवता, ऋषि, मनुष्य, गधर्व, असुर, राक्षस आदि रूपों मे है। वही महाभूतो, इद्रियों, मन, प्राण आदि के रूप मे कही जाती है। (1-10)

वही इच्छा, क्रिया तथा साक्षात् शक्ति के रूप मे प्रकट होती हैं। इच्छा शक्ति रूप में भी वह तीन रूपो मे है। श्री, भू एव नीला देवी के रूप में वे मंगल रूपिणी, प्रभाव रूपिणी तथा सोम-सूर्य-अग्नि रूपिणी है। सोम रूप में वह औषधियो आदि को प्रकट करती है। देवताओं को यज्ञ का फल देती है। देवताओ को अमृत से तथा प्राणियों को अन्न आदि से जीवन देती है। वही सूर्य आदि लोको को प्रकाश देती हैं। वही घड़ी, पल, दिन, पखवाडा, वर्ष आदि से मनुष्य को दीर्घायु बनाती है। पल से कल्प तक जगत् चक्र को वही वश मे रखती है। अत. वही प्रकाश और काल के रूप मे भी है। वही प्राणियो में अग्नि, अन्न, भूख, प्यास आदि रूपों मे, देवताओ मे, सुख के रूप मे तथा औषधियो मे शीत-उष्ण आदि रूपो में बाहर-भीतर सर्वत्र व्याप्त हैं। देवी के रूप मे वह लोको को रक्षा करती है और लक्ष्मी रूप में प्रकट होती हैं। सागरों एवं सात द्वीपोवाली पृथ्वी के रूप मे

प्रेरणा दे। हे दक्ष, आपकी कन्या अदिति ने अमर देवताओ को जन्म दिया। काम, -नि, कमला, इद्र, गुहा, वर्ण, मातरिश्वा, मेधा, यह समस्त जगत भगवती की मूल विद्या है। यही भगवती परमात्मा की शक्ति है। यही विश्व को मोहित करनेवाली है। यही श्री महाविद्या है। जो इसे जानता है, वह शोक मुक्त हो जाता है। हे मा भगवती। हम तुझे नमस्कार करते है, हमारी सब प्रकार से रक्षा करो। (8-17)

'यह भगवती ही आठो वसु, नौ रुद्र, बारह आदित्य तथा सोमपान करनेवाले तथा न करनेवाले विश्वेदेव है। यही राक्षस, असुर, पिशाच, यक्ष एव सिद्ध है। यही सत्त्व, रजस् एव तमोगुण है। यही ब्रह्मा, विष्णु एवं रुद्र है। प्रजापति, इंद्र एव मनु है। यही ग्रह, नक्षत्र एव ज्योति है। यही कला, काठ आदि एव कालरूपिणी है। यह दु खो को हरनेवाली, मुक्ति एव मुक्ति देनेवाली है। यह अनत, विजय रूप, शुद्ध, शरण देनेवाली तथा कल्याणमय है। इस देवी का बीज मंत्र 'ह्री' है, जो सभी इच्छाओं को पूर्ण करनेवाला है। इसी एक अक्षर का शुद्ध चित्तवाले ज्ञान के भंडार योगी सदा ध्यान करते है। भगवती का नवार्ण मत्र (ॐ) ऐं ह्री चामुंडायै विच्चै) महान् आनंद देनेवाला है। मै हृदय कमल के मध्य मे रहनेवाली प्रातःकालीन सूर्य के समान आभावाली, पाश एव अकुश धारण करनेवाली, वरदान तथा अभय की मुद्रावाली, तीन नेत्रोवाली, लाल वस्त्र पहननेवाली और भक्तो की इच्छाए पूर्ण करनेवाली भगवती का ध्यान करता हू। हे महान् भयो और कष्टो का नाश करनेवाली करुणामूर्ति। मै तुम्हे नमस्कार करता हू। ब्रह्मा आदि भी नही जानते अत वह अज्ञेया कही जाती है, उसका अत नही मिलता, अत अनंता कही जाती है, उसके जन्म का पता नही है, अत अजा कही जाती है, एक ही होकर सर्वत्र व्याप्त होने से 'एका' तथा अनेक रूपोवाली होने से नैका (अनेका) कही जाती है। अत वह अज्ञेया, अनता, अलक्ष्या अजा, एका एव नैका कही जाती है। (18-26)

'मह भगवती मत्रों की मातृका, शब्दो का अर्थ, ज्ञानो मे चिन्मय अती तथा शून्यो मे शून्यसाक्षिणी है। जिससे बढकर कुछ नही है, वही यह दुर्गा है। बुराइयों का नाश करनेवाली दुर्गा को मैं भवसागर से पार होने के लिए नमस्कार करता हूं। इस उपनिषद् का प्रातःकाल का अध्ययन रात्रि के, सायंकाल का दिन के पापो को नष्ट करता है। दोनो बार पढनेवाला निष्पाप हो जाता है। आधी रात मे पढ़ने से वाणी को सिद्धि मिलती है। नई मूर्ति मे पढने से देवता पास रहते है। प्राण-प्रतिष्ठा मे जपने से मूर्ति मे प्राण प्रतिष्ठा होती है। मगलवार की अमावस्या में महादेवी के पास जप से महामृत्यु से तारण होता है। इसे जाननेवाला महामृत्यु से तर जाता है। (27-32)

□

वह भूदेवी हैं और वही प्रणव की आत्मा है। नीला देवी के रूप मे वह सभी औषधियो एव प्राणियो का पोषण करती है। वही पृथ्वी के नीचे इसके आधार जल के रूप मे है। उनका क्रिया-शक्तिवाला रूप विष्णु के मुख से नाद-शक्ति के रूप मे प्रकट हुआ। नाद से बिदु, बिदु से ओकार तथा ओकार से राम वैखानस पर्वत हुआ है। उससे कर्म एव ज्ञान की अनेक शाखाए निकलती है। (11-20)

'ऋक्, यजु एव साम तीन वेद है। कार्य सिद्धि के लिए चार नाम कर लिए गए है। यज्ञ मे तीनो ही वेदो का उपयोग होता है। अथर्ववेद इन्ही तीनो का रूप है। ऋग्वेद की इक्कीस, यजुर्वेद की एक सौ नौ, सामवेद की एक हजार तथा अथर्ववेद की पाच शाखाए मानी जाती है। वैखानस प्रत्यक्ष दर्शन है। अत. ऋषि लोग इसी को श्रेष्ठ मानते है। कल्प, व्याकरण, शिक्षा, निरुक्त, ज्योतिष एव छद ये छ वेद के अंग है। इनका भी वेदो के साथ ही अध्ययन होता है। इतिहास-पुराण को अनुपाग कहा गया है। वास्तुवेद, धनुर्वेद, गाधर्व वेद, दैविक तथा आयुर्वेद को उपवेद कहा जाता है। दडनीति, वार्ता आदि भी स्वयं प्रकाशित विद्याएं है। (21-31)

अपने पिता आदिनारायण के पास जाकर पितामह ब्रह्मा ने प्रणाम करने के बाद कहा, 'वर्णाश्रम धर्म को तो मै आपके मुख से सुनकर जान चुका हूं। अब मै परमहस परिव्राजक के लक्षण जानन चाहता हू। परिव्राजक (सन्यासी) बनने का अधिकारी कौन है ? उसके क्या लक्षण होते है ? परमहस परिव्राजक कौन है ? कृपया यह सब बताइए।' योग्य गुरु के पास सभी विद्याओ को परिश्रम से प्राप्त करके विद्वान व्यक्ति इस लोक के सुखों को भ्रम समझे। तब तीनों तरह की इच्छाओं, वासनाओं, ममता, अहंकार आदि वमन के समान समझकर मोक्ष मार्ग के एक अनिवार्य उपाय गृहस्थ आश्रम मे प्रवेश करे। इसके बाद क्रमश वानप्रस्थी एव सन्यासी बने। इससे पूर्व ब्रह्मचर्य या गृहस्थ के बाद भी संन्यासी बन सकता है। व्रती-अव्रती, स्नातक- अस्नातक, अग्नि सेवक हो या न हो, वैराग्य होने पर पुत्र, पत्नी आदि त्यागकर सन्यास ले। सन्यास लेने से पूर्व प्राजापत्य यज्ञ करे। आग्नेयी करे। अग्नि ही प्राण है। या त्रैधात्वीय ही करे। सत्त्व, रजस एव तमसे तीन ही धातुएं है। फिर इस मत्र से अग्नि को सूघे—'हे अग्नि, यही तुम्हे प्रकाशित करनेवाला कारण है। तेज जलते हुए इसको पहचानकर हमारी सपत्तियों तथा ऐश्वर्यो की वृद्धि करो।' 'अग्नि मूल कारण योनि है, अत· इसमे प्रवेश करो,' इस मंत्र से आहुति दे, फिर ग्रास से आहुति देनेवाले के घर से अग्नि लाकर, जलाकर पूर्व विधि के अनुसार अग्नि को सूघे। यदि अग्नि न मिले, तो जल मे हवन करे। अग्नि देवताओ का रूप है। अत. मैं उनके लिए जल से हवन करता हू, स्वाहा' इस प्रकार हवन करके घी सनी आहुति को खाए। यह वीर विधि का मार्ग है, जो अग्नि, जल प्रवेश या महाप्रस्थान का मार्ग है। यदि इसमें समर्थ न हो, तो मन या वाणी से ही सन्यास ले। (1-2)

'तब प्रसन्न मन से नियम सहित आत्मश्राद्ध और विरजा होम करे। अग्नि को अपनी आत्मा में स्थित समझकर लौकिक एव वैदिक नियमों से अपनी सामर्थ्य के अनुसार चौदह वृत्तियो को अपने पुत्र मे स्थापित कर दो। पुत्र न होने पर शिष्य में, वह भी न होने पर आत्मा में ऐसा करे। ब्रह्म

हूं। मुझे निद्रा, स्नान आदि की इच्छा नही है और न मै ऐसा करता ही हूं। लोग भले ही गुजा को आग समझें, किंतु इससे वह जलता नही। मै मायामय ससार को मानता ही नही, अत भजन भी नही करता। जो तत्त्व को नही जानते या सशय मे हैं, वे भले ही श्रवण-मनन के चक्कर मे पड़ें। मेरे संशय नष्ट हो गए है और मुझे तत्त्वज्ञान हो गया है, अत: कुछ सुनने या मनन करने की आवश्यकता ही नही है। इसी प्रकार जिन्हे ध्यान आदि की आवश्यकता हो करे। पूर्व जन्म के कर्मो का नाश होने तक कितना ही ध्यान करे यह व्यवहार शात नही होता। इसे कम करने के लिए लोग भले ही ध्यान करे, मै तो कर्म को ही नही मानता। मुझसे श्रेष्ठ कोई नहीं है, अत. मुझे समाधि की भी आवश्यकता नही है। मुझे जो प्राप्त करना था, वह सदा के लिए प्राप्त हो गया है। अब मुझे वैदिक या लौकिक किसी कर्म की आवश्यकता नही है। वस्तुत मै अकर्ता (कुछ भी नही करनेवाला) हू। मै सब कुछ पा चुका हू, अत यदि लोगो के आग्रह पर शास्त्रो के अनुसार चलू भी, तो मेरी क्या हानि ? शरीर भले ही पूजा, स्नान आदि करे, वाणी भले ही 'ओम' का जप या उपनिषदों का पाठ या ब्रह्मा, विष्णु आदि का नाम ले, किंतु 'मैं' तो ब्रह्म आ नंद में लीन हो गया हूं, मै केवल साक्षी हू, कोई भी काम नही करता। मै सदा अपने मन मे स्वय को कृतकृत्य मानता हूं। मुझे जो पाना था, मैने पा लिया है। (16-29)

'मै धन्य-धन्य हो गया हू, क्योकि मै अपनी आत्मा को सरलता से जानता हू। मुझे ब्रह्मानद स्पष्ट हो गया है। अब मै सांसारिक दु.ख नहीं देखता। मेरा अज्ञान कभी का नष्ट हो गया है। मुझे अब कुछ भी नही करना है। जो कुछ भी प्राप्त करना था, मैने यही प्राप्त कर लिया है। मेरी तृप्ति की संसार मे कोई उपमा ही नही है। मै बार-बार धन्य हू। अहो पुण्य। मुझे यह दृढता से फलीभूत हुआ है। अहो संपत्तियां। अहो हम। अहो सुख। अहो ज्ञान। अहो शास्त्र। अहो गुरु।'

'इसका अध्ययन करनेवाला कृतकृत्य हो जाता है। उसके सुरापान, सोने की चोरी ब्रह्म-हत्या तथा भले-बुरे कार्यो के पाप-दोष छूट जाते है। इस ज्ञान को प्राप्त करके इच्छानुसार प्रवृत्ति होती है।'

□

मध्यमा मे तुरीय तैजस, पश्यंती में तुरीय प्राज्ञ और परा में तुर्येतुरीय होता है। जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एव तुरीय की चार मात्राए क्रमशः 'अ' 'उ' 'म्' एव अर्द्धमात्रा के अंश हैं। यही ब्रह्म प्रणव है, जिसकी परमहस तुरीयातीत तथा अवधूत उपासना करते है। उसी से ब्रह्म प्रकाशित होता है, उसी से विदेह मुक्ति होती है।' (4)

ब्रह्मा ने पूछा कि 'विना जनेऊ और चुटिया के ब्राह्मण ब्रह्मनिष्ठ कैसे होगा ? यह तो धर्म त्याग है', इस पर विष्णु बोले, 'अरे-अरे बच्चे। उसका अद्वैत ज्ञान ही उसको चुटिया, जनेऊ तथा धर्मनिष्ठा होती है। वह सब कर्मो से पवित्र ब्राह्मण होता है। वह केवल ब्रह्मनिष्ठावाला ही नही, अपितु उसे देवता, ऋषि, तपस्वी, श्रेष्ठ तथा परमश्रेष्ठ समझना चाहिए। ससार में परमहस परिव्राजक के दर्शन दुर्लभ हैं। विरला ही परमहस होता है। वह पवित्र होता है, वेदस्वरूप होता है। उसका चित्त मुझमें ही लगा रहता है साथ ही मै भी उसी में रहता हूं। वह सदा तृप्त रहता है। वह शीत-उष्ण, सुख-दु ख एव मान-अपमान को समान समझता है। वह निंदा, क्रोध आदि से शून्य तथा श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ होता है। उसमें छोटे-बडे की भावना नही होती। वह सभी में अपने को ही देखता है तथा दिशाए ही उसके वस्त्र होते हैं। वह नमस्कार, स्वाहा, स्वधा तथा देवपूजन-विसर्जन नही करता। निंदा-प्रशसा, मत्र आदि से दूर रहता है। वह केवल ब्रह्म का ज्ञाता तथा ध्यान करनेवाला होता है। 'मैं ब्रह्म हू' ऐसे अनुभव वाला और प्रणव की खोज में लगा परमहस परिव्राजक धन्य हो जाता है।' (5)

□

मुक्त हो जाता है। योग की शब्दावली मे प्राण का एक दूसरा नाम 'स्व' भी है,इसका आश्रय स्थान पूर्व वर्णित स्वाधिष्ठान नामक द्वितीय चक्र है। स्वाधिष्ठान के आश्रय मे रहने के कारण इसे मेद्र भी कहा जाता है। यहां यह तंतु द्वारा पिरोई गई मणि के समान सुषुम्ना नाड़ी का केद्र भी है। उस नाभि-मंडल मे चक्र को मणिपूरक कहा जाता है। बारह पखुडियोवाले पाप एव पुण्य से मुक्त महाचक्र मे जीव का भ्रमण तभी तक होता है,जब तक वह परम तत्त्व ब्रह्म को नही देख लेता है। स्वाधिष्ठान के आश्रय मे रहने वाले मेद्र से ऊपर तथा नाभि के नीचे पक्षियो के अडे जैसी आकृतिवाली कद योनि स्थित रहती है। यहां से बहत्तर हजार की सख्या मे नाडिया उत्पन्न होती है। इन बहत्तर हजार नाड़ियो मे बहत्तर नाडियो की ही गणना मुख्य रूप मे की जाती है। (11-15)

इन बहत्तर नाडियो मे से भी दस नाड़ी अति महत्त्वपूर्ण है,जो प्राणों को धारण करती है। इनमे प्रथम इडा, दूसरी पिगला, तीसरी सुषुम्ना, चौथी गाधारी, पाचवी हस्तजिह्वा, छठी पूषा, सातवी यशस्विनी, आठवी अलंबुषा, नवी कुहू तथा दसवी शंखिनी है। इन नाडियो के महाचक्र का योगियो को सदा ही ज्ञान होना चाहिए। इन दसो नाडियो मे प्रथम नाडी बायी ओर है तथा पिगला दाहिनी ओर स्थित है। तीसरी नाड़ी सुषुम्ना इडा एव पिगला के बीच मे होती है। गाधारी नाडी वाम नेत्र मे स्थित है तथा हस्तजिह्वा नाम की नाड़ी का स्थान दक्षिण नेत्र होता है। पूषा नाडी का निवास दक्षिण कान मे और यशस्विनी नाडी बाएं कान मे रहती है। मुख मे अलबुषा का निवास है। लिग इद्रिय मे कुहू स्थित है और दसवी शखिनी नाडी मूल स्थान मे प्रतिष्ठित है। (16-20)

इस प्रकार से शरीर के विभिन्न भागो मे विभिन्न नाडियो ने आश्रय लिया हुआ है। कही कोई नाडी स्थित है,तो कही कोई। इडा,पिगला तथा सुषुम्ना ये तीनो ही नाडिया प्राण मार्ग मे अर्थात श्वास मार्ग मे रहती है। (स्वर विज्ञान मे भी बाए स्वर को इडा नाडी या चद्र स्वर कहते है। दाहिना स्वर पिगला या सूर्य स्वर कहलाता है। दोनो नासिकाओ से वायु, अर्थात सास चलने पर इसे सुषुम्ना कहा जाता है।) सोम,सूर्य तथा अग्नि देवता सदा प्राण वायु में स्थित रहा करते है। मानव के शरीर में दस प्रकार के वायु माने जाते है। इनके नाम क्रमश. इस प्रकार है—प्राण,अपान,समान, व्यान,उदान,नाग,कूर्म,कृकर,देवदत्त तथा धनजय। इनमे प्राण से लेकर उदान तक,प्रथम पाच वायु कहलाते है तथा शेप नाग से धनजय तक,पांच उपवायु है। (प्राण,अपान,समान,व्यान तथा उदान इन पांचो को पांच प्राण भी कहा जाता है।) इनमे प्राण नामक प्रथम वायु का स्थान हृदय होता है और अपान वायु गुदा स्थित रहती है। समान वायु नाभि के स्थान में रहता है और उदान का निवास स्थान कठ में होता है, किंतु व्यान नामक वायु व्यक्ति के समस्त देह मे व्याप्त रहता है। ये पाचो प्राण वायु कहलाते हैं। उदगार,अर्थात डकार में नाग वायु को समझना चाहिए,छीकने मे कृकर वायु होती है। पलकों को बद करना (पलक झपकाना) कूर्म वायु का कार्य है। जम्हाई लेने मे देवदत्त नामक उपवायु को समझना चाहिए। समस्त देह में व्याप्त रहने वाला उपवायु धनजय कहलाता है, इसकी सबसे बडी विशेषता यह है कि यह व्यक्ति के मर जाने पर भी उसे नही छोडता है। (21-26)

इन सभी नाडियों में क्या जीव और क्या जंतु, सभी प्राणी भ्रमण करते है। जिस प्रकार गेंद एक हाथ से दूसरे हाथों में फेंकी जाती रहती है,उसी प्रकार प्राण (मुख्य प्राण) भी प्राण वायु के द्वारा

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

ॐ शाति. शांति शाति ।

परमात्मा हम दोनों (गुरु एवं शिष्य) की एक साथ रक्षा करे,एक साथ हमे उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करे। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो,हम द्वेप न करें।

साकृति ने दत्तात्रेय से पूछा,'भगवन । अवधूत कैसा होता है ? उसका क्या लक्ष्य होता है ? उसकी कैसी स्थिति होती है ? तथा उसकी पहचान क्या है ?' यह सुनकर परम दयावान दत्तात्रेय बोले,'जो अक्षर(अविनाशी) वन जाए,सवके लिए पूज्य वन जाए,ससार के वधनों से मुक्त हो जाए तथा 'तत्त्वमसि'— तुम वही ब्रह्म हो,इसे जान जाए,वही अवधूत कहलाता है। जो वर्ण आश्रम (जात-पात) के वधनों से ऊपर उठकर आत्मा में स्थित हो जाए,उस अति वर्णाश्रमी योगी को अवधूत कहते है। ब्रह्म,मोद एव प्रमोद (प्रसन्नता आदि) क्रमश जिसके सिर,वायां एवं दाहिना हाथ वन जाए वह आनदमय व्यक्ति गाय की तरह पवित्र वन जाता है। ग्वाला जैसे गाय के सिर में,मध्य में (पीठ मे) या पावो में नही रहता,अपितु उसकी पूछ की ओर रहता है। भगवान भी उसकी पूछ में रहता है।अत उसे इस पूंछ की तरफ रहना चाहिए। इस प्रकार ये चार मार्ग परम गति देनेवाले है। (1-5)

'कर्म सतान या धन से उतनी जल्दी अमृत्व प्राप्त नही होता,जितना त्याग से होता है। अपनी इच्छा के अनुसार विहार करना ही उसका संसार होता है,वे वस्त्रवाले भी होते है तथा दिगवर भी। उनके लिए धर्म-अधर्म या पवित्र-अपवित्र कुछ भी नहीं होता। वे आत्मा में ही अश्वमेध यज्ञ करते है। वे महान यजकर्ता तथा महान योगी होते हैं। उनका हर कर्म विचित्र होता है। उनके मनमाने आचरण की निंदा नही करनी चाहिए। मूर्खो के समान वे पाप-पुण्य में लिप्त नही होते। जैसे सूर्य सभी रसों को भोगता है और अग्नि सब कुछ खा जाता है,वैसे ही योगी विपयो को भोगता है,किंतु शुद्ध होने से उसे पुण्य-पाप नही छूते। जैसे समुद्र मे जल प्रवेश करते है,वैसे ही योगी में कामनाए प्रवेश करती है,किंतु वह शांत रहता है कामनाए नही करता। सत्य तो यह है कि किसी का विरोध, उत्पत्ति,वधन नही है और न कोई साधक मुमुक्षु या मुक्त ही है। 'यहा और परलोक में कार्यो एव मुक्ति के लिए मुझे बहुत कर्म करने थे। अब यह सब हो गया है।' इस तरह विचारता हुआ अवधूत सदा तृप्त रहता है। अज्ञानी पुत्र आदि की इच्छा से ससार मे फसकर दुःखी होते है। मै परम आनद पा चुका हूं। अत मै क्यों इसमें फसू ? परलोक जाने के इच्छुक सत कर्म करें। मै सभी लोको का आत्मा तथा साक्षात सभी लोक हूं। मुझे कोई कर्म की आवश्यकता नही है। (6-15)

'जिसे अधिकार है,'वे व्याख्यान दें या वेद पढें,किंतु मै अधिकारहीन ही नही क्रियाहीन भी

68. अवधूतोपनिषद

शांतिपाठ :

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्य करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

ॐ शाति शाति शाति ।

परमात्मा हम दोनो (गुरु एव शिष्य) की एक साथ रक्षा करे, एक साथ हमे उपभोग प्रदान करे। हम साथ ही पराक्रम करे। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो, हम द्वेप न करे।

साकृति ने दत्तात्रेय से पूछा, 'भगवन । अवधूत कैसा होता है ? उसका क्या लक्ष्य होता है ? उसकी कैसी स्थिति होती है ? तथा उसकी पहचान क्या है ?' यह सुनकर परम दयावान दत्तात्रेय बोले, 'जो अक्षर (अविनाशी) बन जाए, सवके लिए पूज्य बन जाए, संसार के वधनो से मुक्त हो जाए तथा 'तत्त्वमसि'— तुम वही ब्रह्म हो, इसे जान जाए, वही अवधूत कहलाता है। जो वर्ण आश्रम (जात-पात) के बंधनों से ऊपर उठकर आत्मा में स्थित हो जाए, उस अति वर्णाश्रमी योगी को अवधूत कहते है। ब्रह्म, मोद एव प्रमोद (प्रसन्नता आदि) क्रमश· जिसके सिर, बाया एव दाहिना हाथ बन जाएं वह आनदमय व्यक्ति गाय की तरह पवित्र बन जाता है। ग्वाला जैसे गाय के सिर मे, मध्य में (पीठ मे) या पांवों में नही रहता, अपितु उसकी पूछ की ओर रहता है। भगवान भी उसकी पूछ मे रहता है।अत उसे इस पूछ की तरफ रहना चाहिए। इस प्रकार ये चार मार्ग परम गति देनेवाले है। (1-5)

'कर्म सतान या धन से उतनी जल्दी अमृत्व प्राप्त नही होता, जितना त्याग से होता है। अपनी इच्छा के अनुसार विहार करना ही उसका संसार होता है, वे वस्त्रवाले भी होते है तथा दिगवर भी। उनके लिए धर्म-अधर्म या पवित्र-अपवित्र कुछ भी नही होता। वे आत्मा मे ही अश्वमेध यज्ञ करते है। वे महान यज्ञकर्ता तथा महान योगी होते हैं। उनका हर कर्म विचित्र होता है। उनके मनमाने आचरण की निंदा नही करनी चाहिए। मूर्खो के समान वे पाप-पुण्य में लिप्त नही होते। जैसे सूर्य सभी रसों को भोगता है और अग्नि सब कुछ खा जाता है, वैसे ही योगी विषयो को भोगता है, किंतु शुद्ध होने से उसे पुण्य-पाप नही छूते। जैसे समुद्र मे जल प्रवेश करते है, वैसे ही योगी मे कामनाए प्रवेश करती है, किंतु वह शांत रहता है कामनाए नही करता। सत्य तो यह है कि किसी का विरोध, उत्पत्ति, बधन नही है और न कोई साधक मुमुक्षु या मुक्त ही है। 'यहा और परलोक मे कार्यो एव मुक्ति के लिए मुझे बहुत कर्म करने थे। अब यह सब हो गया है।' इस तरह विचारता हुआ अवधूत सदा तृप्त रहता है। अज्ञानी पुत्र आदि की इच्छा से ससार में फंसकर दु खी होते है। मै परम आनद पा चुका हूं। अत मै क्यो इसमें फंसू ? परलोक जाने के इच्छुक सत कर्म करे। मै सभी लोको का आत्मा तथा साक्षात सभी लोक हूं। मुझे कोई कर्म की आवश्यकता नही है। (6-15)

'जिसे अधिकार है, 'वे व्याख्यान दें या वेद पढे, किंतु मै अधिकारहीन ही नही क्रियाहीन भी

शांतिपाठ :

ॐ अप्यायंतु ममागानि वाक्प्राणचक्षुप श्रोत्रमथो बलमिंद्रियाणि च सर्वाणि सर्व ब्रह्मौपनिपद माह ब्रह्म निराकुर्या मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरण मेऽस्तु। तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सतु ते मयिसतु।

ॐ शांति शाति शाति ।

मेरे अग वृद्धि को प्राप्त हो। वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र आदि इद्रिया तथा बल समृद्ध हो। यह उपनिषद वेद्य ब्रह्म है। ब्रह्म मेरा परित्याग न करे। मै ब्रह्म का परित्याग न करू। हमारा परस्पर अनिराकरण हो। मै उपनिषदों के अध्ययन मे निरत रहू, इनका ज्ञान मुझे प्राप्त हो। दैहिक, दैविक एव भौतिक तीनो प्रकार के ताप नष्ट हो।

प्रथम अध्याय

योगियों के हित की कामना की दृष्टि रखते हुए योग चूडामणि उपनिषद का वर्णन करता हू। यह ज्ञान कैवल्य की (मोक्ष की) सिद्धि देनेवाला है, गोपनीय है तथा योग तत्त्व के जानने वाले श्रेष्ठ योगियो ने सदा इसको अपनाया है। आसन, प्राणसंरोध (प्राणायाम), प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि, योग के ये छ अग होते हैं। इसके पश्चात आसनो की गणना होती है। योग के इन आसनो मे प्रथम आसन सिद्धासन, दूसरा कमलासन, अर्थात पद्मासन है। पटचक, पोडश आधार, तीन लक्ष्य तथा पाच आकाशो को जो योगी अपने शरीर मे नही देखता, उसे सिद्धि कैसे प्राप्त हो सकती है? इनमे आधार (मूलाधार) चार दलोंवाला है। स्वाधिष्ठान छ दलोवाला है। नाभि मे दस दलोवाला कमल है और हृदय में बारह दलोंवाला पद्म कमल स्थित है। हृदय मे बारह दलो (पत्रो, अर्थात पंखुडियो)वाला, विशुद्ध चक्र में सोलह पखुडियोवाला तथा भ्रूमध्य दोनो भौहो के मध्य मे दो पखुडियो से युक्त कमल सुशोभित है। (1-5)

ब्रह्मरध्र के महापथ मे हजार दलोवाला कमल है। आधार चक्र प्रथम चक्र है। इसके पश्चात स्वाधिष्ठान नामक चक्र द्वितीय चक्र है। दोनों के मध्य में योनिस्थान अथवा कामरूप स्थित है। गुदा स्थान मे कामाख्य, चार दलवाला कमल है। इसके बीच में कामाख्या नामक योनि है, जिसकी सिद्ध सदा से वदना करते आए है। कामाख्या के बीच मे पश्चिम की ओर मुहवाला महालिग स्थित है। नाभि मे मणि के समान बिब; अर्थात मणिपुर को जाननेवाला वस्तुत योग का जाननेवाला होता है। तपाए गए सोने के समान प्रकाशमान बिजली की धार के समान चमचमाता हुआ त्रिकोण के आकारवाली वह्नि का स्थान मेद्र के नीचे है। समाधि मे स्थित योगी को चारो ओर मुखोवाली परम ज्योति अपने अत मे दिखाई देती है। (6-10)

इस परम ज्योति के इस प्रकार अपने अत में दर्शन होने पर योगी पुनर्जन्म के बधन से पूर्णतया

॥श्रीः॥

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

162

उपनिषत्सञ्चयनम्

(हिन्दीभाषानुवादसहितम्)

प्रथमः खण्डः

(ईशादिदशोपनिषदः)

अनुवादकः

आचार्य केशवलाल वि० शास्त्री

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

दिल्ली

प्रकाशक

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर

पो.बा.नं. 2113

दिल्ली 110007

दूरभाष: (011) 23856391, 41530902

सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण 2015

मूल्य : 250.00

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन

पो.बा.नं. 1129, वाराणसी 221001

•

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बैंक ऑफ बड़ौदा भवन के पीछे)

पो.बा.नं. 1069, वाराणसी 221001

•

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस

4697/2, गली नं. 21-ए, अंसारी रोड

दरियागंज, नई दिल्ली 110002

मुद्रक

ए.के. लिथोग्राफर्स, दिल्ली

ISBN { 978-81-7084-611-4 (Vol. 1)
978-81-7084-617-3 (Set)

अर्पण-पत्रिका

प्रात:स्मरणीय परमपूज्य पिताश्री

स्व. श्रीविट्ठलजी पुरुषोत्तम मेहता (शेरगढ़-निवासी)

के

चरण-कमलों में

जिन्होंने अपने अपार वात्सल्य के द्वारा

मेरी बाल्यावस्था में हुए मातृ-वियोग

का मुझे कभी आभास नहीं होने दिया

❦

विनीत

केशवलाल शास्त्री

भूमिका

पीठिकाबन्ध

वैदिक धर्म के कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड जब अलग नहीं हुए थे, ऐसे समय में भी तात्त्विक चर्चाएँ नहीं होती थीं, ऐसी बात नहीं है। ऐसे समय में भी तो तात्त्विक चिन्तन होते ही रहते थे। पर वे चिन्तन उस समय प्रचलित यज्ञ संस्कृति के पर्यावरण में होते थे, इसलिए वे यज्ञों के अंगों पर आधारित थे। वेदों में परमेश्वर को 'पुरुष' शब्द से पहचाना गया है क्योंकि वह ब्रह्माण्डरूपी पुर में निवास करता है। वहाँ संसार यज्ञ माना गया है और उसका सर्जन यज्ञप्रसारण रूप में माना गया है। सृष्टि के सर्जक हिरण्यगर्भ भी वैश्वानर अग्नि के रूप में इस यज्ञमय विश्व के अध्यक्ष स्थान पर रहते हैं, ऐसा माना जाता था। वह अग्नि मनुष्य को स्वर्गलोक में ले जाता है, ऐसी उस युग के याज्ञिक लोगों की भावना थी। जगत् का आद्य सर्जक हिरण्यगर्भ है। उसका प्रतीक यज्ञीय अग्नि को माना और पूजा जाता था। विश्वसर्जक का प्रतीक यह अग्नि यज्ञसंस्कृति के लोगों के जीवन में केन्द्रस्थान में था। इसलिए सदैव वैश्वदेव - अग्निहोत्र प्रत्येक घर में किया जाता था और नैमित्तिक कर्मों में भी अग्निपूजन-यजन बौद्धिक प्रसन्नता के लिए, आध्यात्मिक आनन्द के लिए, तात्त्विक चर्चाओं के लिए निमित्त बनता था। अग्नि को विश्वसर्जक मानते-मानते उन लोगों ने धीरे-धीरे अग्नि का स्वरूप विकसित किया और यज्ञकाण्ड से ब्राह्मणग्रन्थों और आरण्यकों में आते-आते यह अग्नि अन्तर्यामी बन गया और यही अन्तर्यामी बाद में ईश्वर भी बन गया। यह अग्निरहस्य के विकास की (अर्थ विकास की) परम्परा दीख पड़ती है।

सामान्यत: वेदों में देवताबहुत्व की विभावना प्रचलित होने पर भी प्रत्येक देव एक ही 'सत्' वस्तु के अनन्त रूपों में से कोई एक रूप है, यह भावना तो ऋषियों के अन्त:करण में पूर्व से ही जगी हुई-सी दिखाई देती है। श्रौतकाल के तत्त्वचिंतन को देखा जाय तो उस समय का तत्त्वचिंतन अध्यात्म, अधिभूत और अधिदैव—इन तीन पदार्थों का स्पर्श करता था। अधिभूत चिन्तन की प्रधानता हमें नासदीय सूक्त में दिखाई देती है, अधिदैव चिन्तन की प्रधानता वैश्वानर सूक्त में दिखाई देती है जबकि अध्यात्मभावना की प्रधानता वाक्सूक्त आदि में हम पाते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि तत्त्वचिन्तन का प्रारंभ उपनिषदों से ही नहीं होता। हाँ, जब ज्ञानकाण्ड कर्मकाण्ड से अलग हुआ तब चिन्तन की परिपक्वता ज्ञानकाण्ड में हम देख सकते हैं और अपेक्षाकृत वैदिक चिन्तन अपक्व था, यह कह सकते हैं।

वैदिक चिन्तन का सिलसिला ब्राह्मणग्रन्थों के काल में भी रुका नहीं। वैदिक चिन्तन की अपेक्षा ब्राह्मणग्रन्थों के चिन्तन में कुछ व्यवस्था मालूम पड़ती है। वैदिक चिन्तन तो बिखरा हुआ ही था, उसमें कोई संकलन नहीं था, पर ब्राह्मणग्रन्थों के चिन्तन में किसी ऋषि के मन्तव्य को स्पष्टतया पकड़ने में हमें सरलता मालूम होती है। जैसे निहारिका में से थोड़ा स्पष्ट आकार बाहर आता हो, ऐसी ब्राह्मणकाल के चिन्तन की अवस्था है। किसी 'दर्शन' जैसी स्पष्ट व्यवस्था तो ब्राह्मणकालीन चिन्तन में भी दुर्लभ लगती है। यज्ञसम्बन्धी परिषदों में या धर्म की सामाजिक सभाओं में चिन्तन तो चलता रहा, परन्तु उसे प्रयोगान्वित करने का रहस्योद्घाटन तो बहुत काल के बाद ही हुआ।

यह रहस्य ऋषिलोग अपने शिष्यों को एकान्त में दिया करते थे। एकान्त में दिये जानेवाले उस रहस्य का नाम ही 'उपनिषद्' है। इन उपनिषदों ने भारतीय संस्कृति और समाज को हजारों वर्षों से प्रेरणा दी है और सांस्कृतिक पोषण दिया है। करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। जड़ प्रकृति के ऊपर चैतन्य की अन्तिम विजय की घोषणा करके इन उपनिषदों ने भारत में (और बाहर भी) आध्यात्मिकता की ज्योति जलती ही रखी है। उपनिषदों की यह महान् आध्यात्मिक परंपरा विश्व को भारत की बहुमूल्य देन है। जड़ प्रकृति पर चैतन्य की, भौतिकता पर मानव की इस विजय-घोषणा ने भारत के लोगों में ऊर्जा भर दी है।

यह भगीरथ कार्य उपनिषदों ने निर्भय होकर खोज करके तर्कों से उसे ठीक तरह से परिपुष्ट किया। इतना ही नहीं, अपितु बुद्धि का भी अतिक्रमण करके रहस्यमय अन्तःप्रेरणा (अनुभूतियों) के द्वारा भी किया। ऋषियों की ये अनुभूतियाँ हमेशा के लिए प्रायः विश्व की एकता की ओर अग्रसर थीं। इन ऋषियों की वह ऐक्योन्मुखी विचारधारा इतनी प्रभावी थी कि बाद के हजारों वर्षों के विचारकों में, सम्प्रदायों में, धार्मिक पन्थों में, भारत के समग्र इतिहास में उनके चिन्तन का प्रवाह गतिशील ही रहा। भले ही वे विचार उन पर पूर्णतया न छाये हों, परन्तु उन विचारों से वे अछूते नहीं रह पाये। सदियाँ गुजर गईं, पर विचारपरंपरा गतिमान ही रहीं।

सही बात तो यह है कि बाद की विचारधाराएँ अपनी प्रामाणिकता के लिए उपनिषद् में प्रतिपादित उन ऋषियों के विचारों को या तो संपूर्णतः अपना लेती थीं, या उनकी ओर बड़े सम्मान के साथ देखती थीं, या तो उनके मार्ग पर ही चल रही थीं, अथवा कुछ इधर-उधर का मिश्रण करके उन्हीं विचारों को अपनी धारा में समा लेती थीं। इसमें नास्तिक दर्शन (बौद्ध) और जैन दर्शन भी अपवाद नहीं है।

कई संशोधक विद्वानों ने, उपनिषदों के इन ऋषियों के चिन्तन ने भारत के बाहर विदेशों में भी कैसा प्रभाव डाला है, उसके बारे में शोध किया है। जापान, चीन, कोरिया, पूर्व-मध्य एशिया और पश्चिमी देशों का इसमें समावेश होता है।

भारत की धार्मिक परंपरा ने उपनिषदों को उच्चतम प्रमाण के रूप में स्वीकृत किया है। इसीलिए तो उन्हें 'श्रुति' का आदरणीय नाम मिला है। उपनिषदें भारतीय धर्मपरंपरा के लिए निःसंदिग्धरूप से प्रमाण मानी गई हैं।

'उपनिषद्' शब्द का अर्थ

'उपनिषद्' शब्द 'उप' और 'नि' पूर्वक 'सद्' धातु से 'क्विप्' प्रत्यय जोड़ने से निष्पन्न होता है। 'सद्' धातु के तीन अर्थ होते हैं—1. विशरण अर्थात् नाश होना, 2. गति अर्थात् प्राप्ति और 3. अवसादन अर्थात् शिथिल हो जाना। यह तो व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ है। पारिभाषिक रूप से उपनिषद् को अध्यात्मविद्या कहा गया है। यह ऐसी विद्या है कि जिसका अध्ययन करने से दृष्ट एवं आनुश्रविक (श्रुतिगम्य) विषयों में से तृष्णा को छोड़कर मुमुक्षु लोग संसार की बीजभूत अविद्या का नाश कर सकते हैं। जो विद्या मुमुक्षुओं को परमतत्त्व (ब्रह्म) की प्राप्ति करा देती है तथा जिसके परिशीलन से जन्म-मरणादि दुःख-द्वन्द्वों का सर्वदा-सर्वदा के लिए शिथिलीकरण हो, वही अध्यात्मविद्या उपनिषद् है। तात्पर्य यह है कि 'सद्' धातु के विशरण (नाश) के अर्थ में उपनिषद् अविद्या का नाश करती है, 'गति' के (प्राप्ति के) अर्थ में वह परमतत्त्व की प्राप्ति कराती है और 'अवसाद' (उदासी) के अर्थ में वह सांसारिक बन्धनों को शिथिल कर देती है। शंकराचार्य ने कठोपनिषद् तथा तैत्तिरीयोपनिषद् के भाष्यों के उपोद्घात में यही तात्पर्य प्रकट किया है। वे इसे ब्रह्मविद्या कहते हैं। शंकराचार्य के अनुसार

उपनिषद् का मुख्य अर्थ ब्रह्मविद्या है और गौण अर्थ ब्रह्मविद्या के प्रतिपादक ग्रन्थ होता है। ब्रह्म, जीव, जगत्, ईश्वर, माया—इन सबका परस्पर सम्बन्ध, मानव-जीवन का लक्ष्य, लक्ष्यप्राप्ति के उपाय आदि विषयों का उपनिषदों में विशद् वर्णन किया गया है।

'उपनिषद्' शब्द का एक और भी अर्थ हो सकता है। उप = नजदीक, नि = निष्ठापूर्वक, सीदति = बैठता है। अर्थात् शिष्य का निष्ठा (श्रद्धा) पूर्वक गुरु के पास बैठना, वह उपनिषद् है। यह एकान्त में गुरु के पास बैठना यह सूचित करता है कि गुरु से शिष्य को कुछ रहस्यमय (गूढ) विद्या की प्राप्ति के लिए ही ऐसा किया जा रहा है। वह आध्यात्मिक ज्ञान है जो अधिकारी शिष्यों को ही दिया जा सकता है। अनधिकारी को यह विद्या न मिले, इसकी पूरी सावधानी यहाँ बरती गई है।

उपनिषदों का रचनाकाल

उपनिषदों के कालनिर्णय के बारे में परम्परा तो कहती है कि वे श्रुति हैं और स्वयं ईश्वर के द्वारा कही गई वाणी है; प्रलय के बाद पूर्ववत् नयी सृष्टि के चलते हुए चक्र के प्रारंभ में ईश्वर के मुख से श्रुति (वेद) (उपनिषद् भी) निकले हैं, इसीलिए उपनिषदें शाश्वत हैं।

फिर भी उपनिषदों को अध्यात्मज्ञान के ग्रन्थों के रूप में देखते हुए, आज तक हमें जो मानव जाति का इतिहास ज्ञात है, उसके साथ जोड़ने के लिए उपनिषदों का कुछ-न-कुछ काल-निर्णय तो करना ही पड़ता है। इस दिशा में विद्वानों के प्रयत्न आज भी जारी हैं। पर विद्वानों के ये प्रयत्न अभी तक परितोषजनक नहीं हुए हैं। ये तो हमें और भी असमंजस में डालने वाले सिद्ध हुए हैं।

उपनिषदों के काल-निर्धारण में ज्यादा तकलीफ होने का एक मुख्य कारण तो यह रहा है कि हिन्दू मस्तिष्क की एक खास लाक्षणिकता यह रही है कि उसने सर्वदा सिद्धान्तों पर ही बल दिया है, किन्तु उस सिद्धान्त के स्थापक तथा उसके काल पर कभी भी ध्यान नहीं दिया।

उपनिषदें वेदों के आंतरिक भाग रूप हैं। इसलिए जो वेदों के निर्माण का समय होगा, वही उपनिषदों के निर्माण का भी समय मान लेना चाहिए। ऋग्वेद का समय तो ई.पू. 4500 (तिलक), ई.पू. 2400 तक (हॅंग) और 1200 ई.पू. (मैक्समूलर) तक फैला हुआ है। अर्वाचीन पश्चिमी विद्वान् उपनिषदों का समय ई.पू. 700 से ई.पू. 600 रखते हैं और मानव के तत्त्वज्ञान सम्बन्धी क्रमिक विकास का मानदण्ड मन में रखते हैं। वे कहते हैं कि वेद में बिखरे हुए चिन्तन को व्यवस्थित होते-होते वेद के बाद ब्राह्मणग्रन्थों और वहाँ से आरण्यकों में आकर उपनिषद् तक आने में सैंकड़ों वर्ष बीत चुके होंगे। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने खगोलशास्त्रीय आधार पर यह सिद्ध किया है कि उपनिषदों का रचना-काल ई.पू. 1900 होना चाहिए। इसलिए उनके मतानुसार और उनके मतानुयायी अन्य विद्वानों के अनुसार भी उपनिषदों का रचना-काल ई.पू. 2500 से लेकर ई.पू. 2000 तक का होना चाहिए।

जिन दस उपनिषदों पर शंकराचार्य ने भाष्य लिखे उनमें से कुछ बहुत प्राचीन मालूम पड़ती हैं। ये उपनिषदें बुद्ध के जन्म के पहले की हैं यह निःसंदिग्ध बात है। ऐसा मालूम होता है कि ये उपनिषदें एक साथ नहीं, धीरे-धीरे बनती रहीं। इसलिए कुछ उपनिषदें बुद्धजन्म के बाद बनी हुई मालूम पड़ती हैं। उपनिषदों का रचनाकाल वैदिक सूक्तों की समाप्ति और बौद्धधर्म के उदय के बीच में माना जा सकता है, ऐसा भी कुछ विद्वान् मानते हैं। सर्वसम्मत कालनिर्णय तो अभी हो नहीं पाया है।

शंकराचार्य के भाष्यवाली कुछ उपनिषदों को कुछ विद्वान् बुद्ध के जन्म के बाद की मानते हैं। जो उपनिषदें गद्य में हैं और जिनका कोई सम्प्रदाय नहीं दीखता, वे प्राचीनतम हैं। कौषीतकी, ऐतरेय, तैत्तिरीय, छान्दोग्य, बृहदारण्यक और केनोपनिषद् का कुछ भाग इस श्रेणी में आते हैं।

उपनिषद् नामवाले जो ग्रन्थ आज छपे हुए मिलते हैं, उनकी संख्या लगभग 200 से ऊपर जाती है। मुक्तिकोपनिषद् में 108 नाम गिनाए गए हैं। उपनिषदों के ऊपर सबसे प्राचीन भाष्य शंकराचार्य (788-820) का ही है। भाष्य के लिए उन्होंने केवल 10 उपनिषदें चुनी हैं। अपने किए हुए भाष्य के अतिरिक्त अन्य उपनिषदों का उल्लेख उन्होंने ब्रह्मसूत्र के भाष्य में किया है। रामानुज ने (1017-1137) शंकराचार्य के उपरान्त दो अन्य उपनिषद् भी चुनी हैं। इन दोनों आचार्यों द्वारा चुने गए उपनिषद् ग्रन्थों को ही प्राचीनतम और प्रामाणिक मानें तो यह तालिका इस प्रकार हो सकती है—ऐतरेय, बृहदारण्यक, छान्दोग्य, ईश, जाबाल, कैवल्य, कठ, केन, माण्डूक्य, महानारायण, मुण्डक, प्रश्न, श्वेताश्वतर, तैत्तिरीय और वज्रसूचिका—ये पन्द्रह उपनिषदें हैं।

उपनिषदों का वर्गीकरण

जहाँ तक उपनिषदों के वर्गीकरण का प्रश्न है, वहाँ विविध विद्वानों ने विविध पद्धतियों का उपयोग किया है। कुछ लोग रचनाविषयक विभागीकरण करते हैं, कुछ लोग वेदानुसार तो कुछ लोग विषयानुसार भी उपनिषदों का वर्गीकरण करते हैं।

यज्ञकाण्ड के कर्मविभाग में से ज्ञानकाण्ड के चिन्तन विभाग की बाद में ही रचना हुई। उन्हें उपनिषद् कहा गया। कुछ समय के बाद उन उपनिषदों का समुच्चय हुआ। यह समुच्चय दो स्थानों में हुआ। एक उत्तर भारत में हुआ और दूसरा दक्षिण भारत में हुआ। दक्षिणापथ में किए गए समुच्चय में 52 उपनिषदें संगृहीत हुई हैं, जबकि उत्तरभारत में संकलित उपनिषत्संग्रह में 108 उपनिषदें समाविष्ट हुई हैं। पहले समुच्चय पर श्रीनारायण की दीपिका नामक टीकाएँ हैं। यह समुच्चय भी नारायण ने स्वयं किया हो, ऐसी अवधारणा की जा सकती है। पर दूसरा समुच्चय (उत्तर भारत का) पहले की अपेक्षा बाद का संकलन मालूम होता है।

भाष्यकार भगवान् श्री शंकराचार्य की दृष्टि में उपनिषद् कितनी होंगी, यह कहना मुश्किल-सा है। फिर भी उनके ग्रन्थों के अन्तःसाक्ष्य के आधार पर छान्दोग्य, बृहदारण्यक, तैत्तिरीय, मुण्डक, काठक, कौषीतकि, श्वेताश्वतर, प्रश्न, ऐतरेय, जाबाल, महानारायण, ईशावास्य, पैंगल, केन—इन चौदह उपनिषदों के उपरान्त माण्डूक्योपनिषद् की गौड़पाद कारिका को प्रकरण माना जाता था और केवल माण्डूक्योपनिषद् को आगम भाग माना जाता था।

रचनाविषयक दृष्टिकोण से देखा जाय तो (क) प्राचीन गद्यात्मक उपनिषदों में बृहदारण्यक, ऐतरेय, तैत्तिरीय, कौषीतकि, केन और छान्दोग्य आती हैं। (ख) पद्यात्मक उपनिषदों में काठक, ईश, श्वेताश्वतर, मुण्डक और महानारायण हैं। और (ग) श्रौतकाल के अन्तभाग के गद्यात्मक उपनिषदों में प्रश्न, मैत्रायणी और माण्डूक्य हैं।

शंकराभिमत चौदह एवं माण्डूक्य समेत 15 उपनिषदों का वैदिक शाखानुसार वर्गीकरण किया जाय तो **ऋग्वेद** के एतरेय ब्राह्मण की ऐतरेयोपनिषद् और कौषीतकि हैं। **यजुर्वेद** की तैत्तिरीय (कृष्णयजुर्वेद), मैत्रायणि (कृष्णयजुर्वेद), काठक (लुप्त शाखा), श्वेताश्वतर (लुप्त शाखा), बृहदारण्यक (काण्व शाखा), ईशावास्य (शुक्लयजुर्वेदीय वाजसनेयि शाखा) और महानारायणोपनिषद्

(कृष्णयजुः शाखा) हैं। **सामवेद** की छान्दोग्य (ताण्ड्य शाखा), केनोपनिषद् (जैमिनीय शाखा) तथा **अथर्ववेद** की मुण्डक, प्रश्न, नृसिंहतापनीय और माण्डूक्य हैं। (इस प्रकार 15 संख्या होती है।)

किन्तु बात तो पूर्वोक्त 15 या 16 उपनिषदों के वर्गीकरण की ही हुई। पर उत्तर भारत में जो 108 उपनिषदों का समुच्चय हुआ है, उनका वर्गीकरण भी तरह-तरह से किया गया है। कुछ लोग तत्त्वप्रधान आदि कई विभागों में इन उपनिषदों को बाँटने का प्रयत्न करते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। किन्तु उपनिषदों के मर्म-ग्रहण के लिए ऐसे वर्गीकरण ज्यादा लाभदायक नहीं प्रतीत होते।

उपनिषदों की संख्या

ऊपर बताए गए 15 या 16 उपनिषदों के अतिरिक्त भी अनेक 'उपनिषद्' नाम के ग्रन्थ दृष्टिगोचर होते हैं। ऐसे ग्रन्थों की संख्या 108 अथवा 200 से 240 तक पहुँच गयी है। श्रौतकाल से लेकर मुसलमानों के अर्वाचीन राज्यशासनकाल तक के समय में 'उपनिषद्' नामक ग्रन्थों का बहुत बड़ा विस्तार हो गया है। 'अल्लोपनिषद्' भी इसमें घुस गई है। बौद्धधर्म की छायावाली 'वज्रसूचि' का भी प्रवेश हो गया है। शाक्त आगम की त्रिपुरा, काली, अन्नपूर्णा, भावना, देवी आदि नाम की अनेक उपनिषदें भी शामिल हो गई हैं। परन्तु इन सभी को जहाँ तक संहिता, ब्राह्मण या आरण्यक के साथ सप्रमाण स्थान न बताया जाए, वहाँ तक उन्हें श्रौत नहीं मानना चाहिए। ये उपनिषदें तो बाद में बहुत समय के बाद अपने-अपने सम्प्रदाय के प्रचार-प्रसार के लिए लिखी गई हैं और उन्हें 'उपनिषद्' का आदरसूचक नाम भी दिया गया है, जिससे रूढिवादियों और उन-उन मतावलम्बियों में ऐसे ग्रन्थों का आदर, स्वीकार और प्रमाण माने जाएँ।

कुछ भी हो, लेकिन इतना तो मानना ही पड़ेगा कि भले ही ये बाद की उपनिषदें शुद्ध साम्प्रदायिक हों, फिर भी उन्होंने उपनिषद् का स्वरूप ज्यों-का-त्यों रखने का प्रयास किया है। यह बाह्य बात तो ठीक है, पर उन्होंने लोकधर्म के प्रचार-प्रसार में अच्छा योगदान दिया है और सामान्य जनसमाज की नैतिक जीवनशैली को बढ़ावा दिया है। साथ ही लोगों में आध्यात्मिक चेतना एवं वेदान्तिक अधिगम को जाग्रत् रखने में बड़ा योगदान दिया है, इसमें कोई सन्देह नहीं।

इन बाद की उपनिषदों का वर्गीकरण छः भागों में किया जा सकता है—(1) वेदान्ती उपनिषदें, (2) शैव उपनिषदें, (3) शाक्त उपनिषदें, (4) वैष्णव उपनिषदें, (5) योग उपनिषदें और (6) संन्यास उपनिषदें। इनमें ये बाद की वेदान्तोपनिषदें तो जहाँ तक सामान्य सिद्धान्तों का प्रश्न है, उन्हीं पुरानी मुख्य उपनिषदों के मार्ग पर ही चलती हैं। शैव, शाक्त और वैष्णव उपनिषदें हठयोग और पतंजलि के सूत्रों पर आधारित राजयोग सम्बन्धी अनेकानेक हकीकतें बताती हैं, और भी कई नयी बातें कहती हुई दिखाई देती हैं। संन्यास उपनिषदें विशेषरूप में संन्यास की और साधना की बातें बताती हैं।

उपनिषदों का स्वरूप

पहले कहा जा चुका है कि प्राचीन 10 से लेकर 15 उपनिषदें ही प्राचीन भारतीय तत्त्वज्ञान की नींव के समान मानी गई हैं। फिर भी ये पुरानी उपनिषदें क्या एक ही तत्त्वज्ञान सिखाती हैं, या भिन्न-भिन्न प्रकार की तत्त्वज्ञान पद्धतियाँ बताती हैं? यह प्रश्न विशेष करके विदेशी आलोचकों के मन में उठता है। भारतीय परंपरा तो यही मानती आई है कि समग्र औपनिषदिक वाङ्मय 'श्रुति' नाम से एक ही है और इसीलिए वह तत्त्वज्ञान की एक ही पद्धति सिखाता है। हाँ, उस एक ही पद्धति के अनेक पहलू हो सकते हैं? फिर भी वह समन्वित रूप से एक ही है।

परन्तु इन उपनिषदों के विविध उपदेशों को देखते हुए हमें सहज ही वह परम्परित दृष्टिकोण परितोषजनक नहीं मालूम पड़ता। उपनिषदों के परम्परागत भाष्यकारों ने किसी तरह हमारी इस समस्या को हल करने का प्रयत्न किया है। उन्होंने उपनिषदों के मंत्रों के अपने मतानुसार विवरण किए। हमारे मस्तिष्क में उठे हुए प्रश्न का—उपनिषदों के तत्त्वज्ञानी एकता या अनेकता के प्रश्न का—कुछ समाधान तो हमें मिल जाता है, क्योंकि एक भाष्यकार द्वारा अपना मत स्थापित करने के लिए एक ही मंच पर अन्य भाष्यकारों के मतों का खण्डन किया हुआ पाया जाता है।

क्या यह संभावना भी हो सकती हैं कि सदियाँ बीत जाने से उपनिषदों की पारस्परिक एकसूत्रता के समन्वयकारी कुछ महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त खो गये हों, और आज जो हमारे हाथ में है, वह खाली उन मुख्य सिद्धान्तों के टुकड़े मात्र ही शेष रह गये हों; और वे ही टुकड़े हमें उन परस्पर-विरोधी विचारों की ओर खींचते रहे हों। ठीक है यह कल्पना युक्तियुक्त तो लगती है परन्तु इसके लिए हमें कोई प्रमाण नहीं मिलता नहीं है, अत: यह धारणा कोरी कल्पना ही लगती है।

अथवा एक दूसरी धारणा भी की जा सकती है कि उपनिषदों में उल्लिखित गौतम, अत्रि, याज्ञवल्क्य, श्वेतकेतु अथवा रैक्व आदि बहुत महान चिन्तक और रहस्यवादी थे। उन्होंने अपने ढंग के स्वतंत्र मौलिक विचार, युक्ति और अनुभूति के आधार पर प्रकट किए, जिसके कारण उपनिषदों में विचार-वैविध्य आ गया हो। क्योंकि आखिर परमसत्यरूप परब्रह्म तो अनन्त है और वह किसी के द्वारा सम्पूर्णतया तो नहीं जाना जा सकता। इसलिए अन्धों ने हाथी के एक-एक अंग पकड़कर हाथी को अपने पकड़े हुए अंग जैसा ही बताया, उसी तरह उन ऋषियों ने भी अपनी अनुभूति के अनुसार परमतत्त्व ब्रह्म के एक ही पहलू को पकड़कर उसका तर्कपूत निदर्शन कर दिया हो, यह भी संभव है। तो क्या ऐसा नहीं हो सकता कि भले ही इन ऋषियों के विचार अलग-अलग दिखाई देते हों, फिर भी वे एक ही परमसत्य परब्रह्म के ही विविध पहलू हैं ?

इन 15 या 16 उपनिषदों के बारे में ज्यादा-से-ज्यादा ये सब केवल बौद्धिक अवधारणाएँ ही हैं। और ये अवधारणाएँ अब भी चालू ही हैं और कुछ समय तक चालू ही रहेंगी।

उपनिषदों के ऊपर संस्कृत में टीकाएँ

इन प्राचीन उपनिषदों को रहस्यमय ग्रन्थ माना जाता है। इसलिए उनका नाम 'उपनिषद्' भी अन्वर्थक ही है। 'उपनिषद्' शब्द की व्युत्पत्ति ही यह बता रही है। उपनिषदें अपने स्वरूप और अपने विषय—दोनों में चिन्तन-प्रधान हैं। उपनिषदों की भाषा आदिम युग की और कालग्रस्त है। उपनिषदों की कई विभावनाएँ (अनुभूतियाँ) ऐसी हैं, जिनका सम्बन्ध संहिताकालीन यज्ञप्रधान संस्कृति से जुड़ा हुआ है। और कुछ ब्राह्मणकालीन विचारों से एवं भावनाओं से भी उनका सम्बन्ध है, जो आज हमारी समझ में नहीं आता। उपनिषदों की ऐसी बातों से हम हजारों साल की दूरी पर आज हो गए हैं, तत्कालीन विधि-विधानों से आज हमारा कोई सरोकार नहीं रहा है। यही कारण है कि किसी प्रमाणभूत भाष्य (या व्याख्या) के बिना उपनिषदों के विचारों की एकसूत्रता को और कभी-कभी तो सामान्य बात को भी समझना हमारे लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

उपनिषदों के भाष्यों में सबसे प्राचीन और सर्वप्रथम भाष्य शंकराचार्य ने लिखा। बाद में शंकराचार्य के उपनिषद्-भाष्यों को ही ज्यादा स्पष्ट करने के लिए उन्हीं भाष्यों पर बहुत सी टीकाएँ लिखी गईं। उन टीकाओं में तेरहवीं सदी के आनन्दगिरि की टीका का विशेष महत्त्व है। आनन्दगिरि की ये टीकाएँ उपनिषद् के ज्ञानरहस्य का ताला खोलने में चाबी का काम करती हैं।

रामानुज ने भले ही किसी भी उपनिषद् पर भाष्य-टीका आदि कुछ लिखा न हो, पर उन्होंने अपने 'वेदार्थसारसंग्रह' में उपनिषदों के कुछ चिन्तन को और कुछ भावनाओं को विस्तार से समझाने का कुछ प्रयत्न तो किया है। परन्तु, ई.स. 1600 में हुए उसी सम्प्रदाय के रंगरामानुज ने सभी मुख्य उपनिषदों पर टीकाएँ लिखकर रामानुज का काम पूरा कर दिया। मध्वाचार्य (ई. 1199-1303) ने भी प्राचीन दस उपनिषदों पर संक्षिप्त में टीकाएँ लिखीं है तथा उनके ऊपर राघवेन्द्र तीर्थ ने (ई. 1595-1671) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखी हैं।

उपनिषदों पर संस्कृत व्याख्याकारों में कुछ ऐसे भी टीकाकार हुए हैं जिन्होंने प्राचीन दस उपनिषदों में से अपनी टीका के लिए कुछ ही उपनिषदों का चयन किया है। ऐसी उपनिषदों में ईशावास्योपनिषद् प्रधान है। इस उपनिषद् ने बहुत से विद्वानों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन विद्वानों में ब्रह्मानन्द सरस्वती, शंकरानन्द (14वीं सदी), उवटाचार्य (11वीं सदी) और वेदान्तदेशिक (1268-1370) के नाम उल्लेखनीय हैं। पहले कहे गए मध्वसंप्रदायी राघवेन्द्र तीर्थ ने ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक और माण्डूक्य उपनिषदों पर साम्प्रदायिक टीकाएँ लिखीं। पिछले वर्षों में उपनिषद्ब्रह्मयोगीन्द्र ने प्राचीन उपनिषदों के अतिरिक्त अन्य सामान्य उपनिषदों के ऊपर भी अपनी टीकाएँ लिखकर एक सराहनीय काम कर दिखाया है।

उपनिषदों का तत्त्वज्ञान

एक तरह से देखा जाय तो उपनिषदों का विचारप्रवाह ब्राह्मणग्रन्थों और आरण्यकों से अविच्छिन्न धारा के रूप में माना जा सकता है। फिर भी उपनिषदों का झुकाव तो अवश्य ही वैदिक विधिविधानों के विरोध की ओर ही है। सभी उपनिषदें बाहरी क्रियाकाण्डों का घोर विरोध करती हैं और उपासना एवं ध्यान के ऊपर ही जोर देती हैं तथा ज्ञान-अनुभूति को ही सर्वप्रथम स्थान देती हैं।

उपनिषदों की तात्त्विक चर्चाओं में, संवादों में ज्यादातर इस जगत् के मूल कारण की चर्चा दृष्टिगोचर होती है। उसी नींव की खोज में प्रश्नोत्तरी हुआ करती है। ऋषिलोग इसी की चर्चा करते हुए, खोज करते हुए सोचते हैं कि क्या इस जगत् का कोई एक उपादान कारण हो सकता है ? और यदि है तो उसकी जगत् के रूप में उत्क्रान्ति करने की सहज प्रकृति क्या है ? अपनी खोज के अन्त में ऋषियों ने जो तत्त्व पाया वह 'ब्रह्म' है।

उपनिषदों का यह परमतत्त्व यों तो वैदिक काल के ऋग्वेदीय ऋषियों के चिन्तनों में दिखाई देता है। वहाँ इसका नाम 'ऋत' था। यह ऋत की संकल्पना 'ब्रह्म' जैसी ही मनोरम है। ऋत का अर्थ है—'अविनाशी सत्ता'। उपनिषदों के ब्रह्म की तरह इस ऋत के कारण ही सृष्टि की उत्पत्ति होती है।

ऋग्वेद के 'ऋत' की तरह ही अथर्ववेद के 'स्कम्भ सूक्त' (अथर्व. 10.7-8) तथा 'उच्छिष्ट सूक्त' (अथर्व. 11.9) पर विचार करने से ऐसा स्पष्टरूप से दिखाई देता है कि ब्रह्म को ही पारमार्थिकता और जीव-ब्रह्मैक्य की बात अथर्ववेद में भी अस्तित्व रखती थी।

अत: यह कल्पना नहीं की जा सकती कि शुरू में अनेक देववाद के बाद एकेश्वरवाद और बाद में उपनिषदों में ही पहली बार सर्वेश्वरवाद के दर्शन होते हैं। चिन्तन के क्रमिक विकास की यह धारणा चाहे कितनी भी मनोनुकूल, मनोहर और क्रमिक विकास के सिद्धान्त पर अवलम्बित दिखाई देती हो, परन्तु वास्तविक भूमि पर वह टिक नहीं सकती, कल्पना के सिवा इसका कोई बहि:साक्ष्य ऐतिहासिक

प्रमाण नहीं मिलता। हाँ, विचार की व्यापकता के तौर पर हम यह अवश्य कह सकते हैं कि उपनिषदों के समय में ब्रह्मात्मैक्य का यह विचार ज्यादा व्यापक था।

ब्रह्म और आत्मा

कुछ भी हो, जिस परमतत्त्व को (जगत् के मूल कारण को) उपनिषदों ने 'ब्रह्म' नाम से पुकारा है, इस 'ब्रह्म' तत्त्व की खोज करते-करते उन्होंने यह भी चिन्तन किया कि हमारे इस मन:शारीर संकुल के पीछे किसी शाश्वत तत्त्व की हस्ती है भी या नहीं ? ऋषियों की समानान्तर खोज के परिणामस्वरूप एक तत्त्व जो उन्हें मिला उसी तत्त्व को वे 'आत्मा' कहने लगे।

बाद में प्रश्न उठे कि यह व्यक्तिनिष्ठ परमतत्त्वरूप आत्मा एक है, या अनेक ? उसका परिमाण (आकार) क्या है ? वैश्विक परमतत्त्व रूप ब्रह्म से उसका क्या सम्बन्ध है ? उपनिषदों में इन सभी प्रश्नों की चर्चा तो की गई है, पर इन प्रश्नों का कोई एक निश्चित उत्तर पाना मुश्किल-सा लग रहा है। क्योंकि इन विषयों में विविध मतमतान्तर दिखाई दे रहे हैं। फिर भी परम्परागत वेदान्तसम्प्रदाय उन विरोधों और विविधता का मेल बिठाने के लिए किसी तरह अविरोध का समन्वय करने के लिए बड़ा कठिन परिश्रम करते दिखाई देते हैं। वे किसी तरह अपने साम्प्रदायिक दृष्टिकोण को ही सही बताने पर तुले हुए हैं, और अन्य मत का खण्डन उनका मुख्य विषय बन गया है।

उपनिषदों का दूसरा विषय मनुष्य की मरणोत्तर गति के बारे में है। इसके अतिरिक्त आचारपक्ष एवं नीति-नियमों का है।

मनुष्य का संसार में बन्धन होने का कारण उसका अज्ञान है और उस अज्ञान का निरसन आत्मसंयम आदि की साधना से हो सकता है। इसके साथ ही सत्यभाषण, अहिंसा आदि कुछ सद्गुणों का भी वर्णन किया गया है। उपनिषदों के उपदेशों का कुछ विवरण यहाँ संक्षेप में दिया जा रहा है।

आत्मा

उपनिषदों में आत्मा का स्वरूप-वर्णन बहुत विश्लेषणात्मक ढंग से किया गया है। पुरुष जब मृत्यु को प्राप्त होता है, तब क्या ऐसा कोई तत्त्व है कि जो शेष रहता है, और उसका जीवन चालू ही रहता है ? यदि मरने के बाद भी वह तत्त्व जीवित रहता है तो वह क्या है, जिसके वशीभूत होकर इन्द्रियों और मन को सक्रिय रहना पड़ता है ? उपनिषद् के ऋषियों की यह खोज उन्हें इस आत्मतत्त्व की स्थापना तक ले गई। वही आत्मतत्त्व जीव, चैतन्य, चेतना आदि नामवाला है वह प्रत्येक सजीव प्राणी के मन और बुद्धि से परे है; वही जीवन - संजीवनी शक्ति है। वह 'आत्मा' है।

यह आत्मा कभी जन्मा नहीं है और कभी मरेगा भी नहीं। जन्म-मरण शरीर का ही होता है, आत्मा तो अजन्मा और शाश्वत ही है। यह आत्मा, शरीर-इन्द्रिय-प्राण-मन-बुद्धि-अहंकार से पृथक् ही है, वह सदा मुक्त है। उपर्युक्त शरीरादि सभी तत्त्व आत्मा से ही जीवित रहते हैं, उसी के द्वारा काम कर सकते हैं, उसी के लिए कार्यरत होते हैं। इन्द्रियादि की क्षति, अक्षमता या हानि—कुछ भी आत्मा को प्रभावित नहीं करती।

ऐसा होने पर यह भी एक अनुभवसिद्ध यथार्थ है कि वह आत्मा इस शरीराकार भौतिक पिंजरे में रहते हुए बद्ध हो गया है और उसने अपना बहुत कुछ स्वातन्त्र्य खो दिया है। ऐसी स्थिति में उस आत्मा को 'जीवात्मा' या 'जीव' कहा जाता है। प्रश्न होता है कि—स्वरूप से मुक्त यह आत्मा शरीरादि बन्धन में किसलिए और कैसे फँस गया ? इसके उत्तर में कहा गया है कि—यह उसके

भूतकाल के किए गए कर्मों का अनिवार्य और अविनाश्य फल का परिणाम है। यहाँ अगर यह पूछा जाए कि उसने पहला कर्म कब और क्यों किया जो कि उसके बन्धन का कारण हुआ और जिससे कि वह बन्धन की शृंखला बन गई ? उपनिषदों के पास इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं है। क्योंकि उपनिषदें सृष्टि को अनादि प्रक्रिया मानती हैं। उपनिषदों के मत में सृष्टि का कोई आरंभ नहीं है, न अन्त। प्रलय की संकल्पना है फिर भी अमुक समय के बाद "धाता यथापूर्वमकल्पयत्' की श्रुति के अनुसार पूर्ववत् ही सृष्टि चालू ही रहती है।

जन्म-मरण के चक्र में जीव का फँसना और उसके परिणामस्वरूप दु:खों को भोगना ही 'संसार' कहलाता है और संसार के इन बन्धनों से छुटकारा पाना ही मोक्ष है। इस मोक्ष को उपनिषदों ने मानव-जीवन का परम लक्ष्य माना है। उपनिषदें कहती हैं कि ऐसा मोक्ष सच्चे 'ज्ञान' से प्राप्त किया जा सकता है। ऐसा मोक्ष भक्ति से भी मिलता है, उस भक्ति के साथ उपासना और ध्यान सहजरूप से आ जाने चाहिए। उपनिषदों ने कर्मों को मोक्ष के सहकारी कारण के रूप में माना है।

शरीरादि से अलग इस आत्मतत्त्व के मरणोपरान्त भी अपने अस्तित्व के रहने के बारे में कठोपनिषद् में बड़ी सुन्दर मीमांसा की गई है। यम-नचिकेता के सुप्रसिद्ध संवाद में आत्मा की नित्यता, जन्ममरण-हीनता, मन-इन्द्रियादि से पृथकता आदि को—'आत्मानं रथिनं विद्धि' इत्यादि रूपक द्वारा भलीभाँति समझाया गया है (कठ. 2.3-4)।

'आत्मन्' शब्द का व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ भी आत्मस्वरूप का यथार्थ परिचय पाने के लिए उपयुक्त मालूम पड़ता है। कठोपनिषद् (2.1.1) के शांकरभाष्य में आचार्य ने एक प्राचीन आत्मव्युत्पत्तिदर्शक श्लोक उद्धृत किया है, वह इस प्रकार है—

यदाप्नोति यदादत्ते यच्चात्ति विषयानिह।
यच्चास्य सन्ततो भावस्तस्मादात्मेति कीर्त्यते ।।

अर्थात् जो 'आप्नोति'= वस्तुओं को ग्रहण करता है, 'आदत्ते' = स्थितिकाल में विषयों का अनुभव करता है; 'अत्ति' = जो विषयों को भोगता है, 'आतनोति' = जो विद्यमान ही रहता है, वह आत्मा है।

इस आत्मा की सत्ता के कारण ही प्राणिमात्र जीवित रह सकते हैं। कठ उपनिषद् कहती है कि "कोई भी प्राणी न तो प्राण के कारण जीवित रहता है, न अपान से जीवित रहता है परन्तु वह उस तत्त्व के सहारे जीवित रहता है, जिससे ये दोनों (प्राण तथा अपान) जीवित रहते हैं। वह तत्त्व कौन है ? वह आत्मा है।" (कठ. 2.25)

आत्मा का स्वरूप

इस आत्मतत्त्व का विवेचन उपनिषदों में बड़ी ही सुन्दर रीति से किया गया है।

शुद्ध चैतन्य आत्मा का मूल स्वरूप है। परन्तु वह केवल शुद्ध चैतन्य हमारी सभी अवस्थाओं में नहीं रहता। वह न जाग्रत् में, न स्वप्न में और न तो सुषुप्ति में शुद्ध चैतन्य है। ये तीनों अवस्थाएँ मायिक हैं, अत: इन तीनों अवस्थाओं में रहता हुआ चैतन्य या तो आभासित है या प्रतिबिंबित है, या अवच्छिन्न है अथवा उपहित ही है। इन तीनों अवस्थाओं से परे उच्च कोटि की चौथी—तुरीय अवस्था में ही आत्मतत्त्व का पारमार्थिक स्वरूप प्राप्त हो सकता है। जाग्रत् (शरीरचेतना),

स्वप्नचैतन्य तथा सुषुप्ति चैतन्य की उपाधियों से या विशेषणों से सर्वथा मुक्त विशुद्ध चैतन्य (उनसे सर्वथा अलग चैतन्य) अपने मूल विशुद्ध रूप में विद्यमान रहता है। इस चौथी अवस्था का नाम तुर्य या तुरीय अवस्था है। इस सिद्धान्त का प्रतिपादन छान्दोग्योपनिषद् में बड़े ही रोचक ढंग से एक आख्यायिका द्वारा वर्णित किया गया है। उस उपनिषद् के आठवें अध्याय में देवता तथा असुरों ने आत्मतत्त्व की जिज्ञासा से प्रेरित होकर इन्द्र तथा विरोचन को प्रजापति के पास भेजा। प्रजापति ने उन्हें बत्तीस साल की कठोर तपस्या करवाई और बाद में बतलाया कि आँख में, जल में और दर्पण में जो पुरुष दिखाई देता है, वही 'आत्मा' है। विरोचन को तो प्रजापति के इस उत्तर से संतोष हो गया, लेकिन इन्द्र को सन्तोष न हुआ। उसने सोचा कि वस्त्रालंकार से भूषित होकर जल या दर्पण में देखने पर आत्मा सुंदर लगता है, तो क्या यह शरीर ही आत्मा है ? यदि ऐसा ही हो, तब तो शरीर के अन्धत्व, काणत्व, पंगुत्व से आत्मा भी अन्धा, काना, पंगु हो जाएगा। अपनी शंका का निवारण करने के लिए वह पुन: प्रजापति के पास पहुँचा। तब प्रजापति ने उसे 'स्वप्न-चैतन्य' को आत्मा बताया। तब भी विचारक इन्द्र की शंका बनी ही रही। क्योंकि स्वप्न में हम दु:खानुभव करते हैं, आँसू बहाते हैं, तो आनन्दरूप आत्मा में दु:ख कैसे ? क्या ऐसा कभी हो सकता है ? फिर से वह प्रजापति के पास आया। इस समय प्रजापति ने उसे 'सुषुप्त चैतन्य' को आत्मा बताया। परन्तु विचार करनेवाले इन्द्र को उसमें भी कमियाँ दिखाई पड़ीं। उसने सोचा कि सुषुप्तिकाल में तो अपने अस्तित्व का भी भान नहीं रहता, तो आत्मा का भान कैसे होगा ? उस समय तो चैतन्य का ही अभाव दिखाई देता है। वह पुन: प्रजापति के पास पहुँचा। तब प्रजापति ने अन्त में उसे पारमार्थिक आत्मतत्त्व का ज्ञान दिया कि इन तीनों प्रकार के चैतन्यों से पृथग्भूत, उपाधिरहित, विशुद्ध चैतन्य ही आत्मा है। वही सत् रूप स्वचैतन्य है। इस प्रकार के चैतन्य को माण्डूक्योपनिषद् में 'तुरीय' या 'तुर्य' नाम दिया गया है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति की ये तीन अवस्थाएँ उसी आत्मा की विविध दशाएँ हैं। जाग्रदवस्था में आत्मा बाहर की वस्तुओं का अनुभव करता है, स्वप्नावस्था में भीतर की मानस वस्तुओं का अनुभव करता है और सुषुप्त अवस्था में केवल अपने आनन्दस्वरूप का ही अनुभव करता है। ये तीनों अवस्थाएँ आत्मा की उच्चतम अवस्था का संकेत करती हैं। इन तीनों अवस्थाओं में आत्मा का नाम क्रमश: विश्व, तैजस और प्राज्ञ है। इन तीनों अवस्थाओं में अवस्थित आत्मा का अनुभव हमें आंशिक रूप में ही होता है। परन्तु, तुरीय (चौथी) अवस्था के पूर्ण आत्मा में इन गुणों का सर्वथा अभाव ही है। उस समय न बाह्य चेतना है, न अंतस् चेतना और न दोनों का संमिश्रण ही है। प्रज्ञा और अप्रज्ञा का भी उस समय अभाव रहता है। अदृष्ट, अग्राह्य, अव्यवहार्य, अलक्षण, अचिन्तनीय, अव्यपदेश्य केवल आत्म प्रत्ययसार, प्रपंचोपशम, शान्त, शिव, एक, अद्वैत, तुरीय ही रहता है। वही आत्मा है, उसे ही जानना चाहिए। वह आत्मा कूटस्थ, अविकारी है, और उसी आत्मा की परब्रह्म (निर्गुण ब्रह्म) के साथ सर्वतोभावेन एकता उपनिषदों में मानी गई है। ऐसे आत्मतत्त्व का द्योतक (प्रतीक) ओंकार (ॐ) अक्षर माना गया है।

ब्रह्म

ऊपर कहा गया है कि आत्मा के साथ ब्रह्म की सर्वतोभावेन एकता उपनिषदों में मानी गई है। तो वह 'ब्रह्म' क्या है ? ब्रह्म समग्र विश्व का मूल कारण है। इस ब्रह्म के अन्य वाचक शब्द उपनिषदों में जो दिये हैं वे हैं आत्मा, आकाश, सत्, अक्षर और भूमा। यह समस्त विश्व उसी से उत्पन्न होता है, उसी से जीता है और उसी में लय हो जाता है। वह ब्रह्म सर्वज्ञ, सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान

है। यह ब्रह्म महान् से भी महान् और अणु से भी अणु है। वही सबका अन्तर्यामी है। जल में नमक की तरह वह सबमें ओतप्रोत (अनुप्रविष्ट) है, वह सभी जगह एक समान ही है—कहीं कम-ज्यादा नहीं है। वह अनन्त है, वह अकाय है, वह सबका अधिष्ठान, सबका स्वामी है। वह सबको देखता है, सबको सुनता है और सबको जानता है पर उसे कोई नहीं देखता, उसे कोई नहीं सुनता, उसे कोई नहीं जानता। वह समग्र सद्गुणों का मूर्तरूप है। भक्तों की भक्ति का प्रतिसाद वह अवश्य देता है। भक्तों की सभी कामनाएँ वह पूर्ण करता है। सभी लोगों का वही अन्तिम लक्ष्य-स्थान है।

उसका ध्यान करने में सरलता हो इसलिए उपनिषदें कभी-कभी उसे 'पुरुष' (मानव रूप में दिव्य चेतना—'हिरण्मयोऽयं पुरुष:') नाम भी देती है। उसके सभी अंग तेजस्वी हैं। आँखें उसकी खिले हुए लाल कमल जैसी हैं, वह अग्निमूर्धा (अग्नि जैसे मस्तक वाला) है, वह सूर्यचन्द्ररूप दो आँखोंवाला है, दिशाएँ उसके कान हैं, वेद उसकी वाणी है, धरती उसके पैर हैं। वह सहस्रशीर्षा, सहस्राक्ष, सहस्रपाद है। वैश्विक रूप में उनकी सर्वव्यापकता बताई गई है (देखिए पुरुषसूक्त)। ध्यान के लिए इसी रूप का परामर्श उपनिषदें करती हैं। उपनिषदों में बताया गया वही 'औपनिषद् पुरुष' है।

मूलस्रोत की समानान्तरता

उपनिषद् के अध्यात्मवेत्ता ऋषियों ने इस वैविध्यपूर्ण और सतत परिवर्तनशील अनित्य जगत् के मूल में विद्यमान शाश्वत सत्तारूप पदार्थ का अन्वेषण तात्त्विक दृष्टि से किया है। इस अन्वेषण-प्रक्रिया के मूलस्रोत संहिताओं तक पहुँचते हैं। हमारे द्रष्टा ऋषियों के पास तीन प्रकार की अन्वेषण पद्धतियाँ थीं, ऐसा उस प्राचीन श्रौत वाङ्मय को देखने से हमें पता चलता है—(1) आधिभौतिक पद्धति, (2) आधिदैविक पद्धति और (3) आध्यात्मिक पद्धति। उन तीनों के उदाहरण हमें मूल संहिताओं में भी मिलते हैं। अधिभूतभावना-प्रधान पद्धति का उदाहरण हमारा नासदीय सूक्त है, अधिदैवप्रधान पद्धति का उदाहरण वैश्वानर सूक्त को ले सकते हैं और अध्यात्म-प्रधान पद्धति के उदाहरणरूप में वाक् सूक्त को ले सकते हैं।

यही कारण है कि एक ही परमार्थ सत् का तीन प्रकार से वर्णन उपनिषदों में पाया जाता है। आधिभौतिक पद्धति इस भौतिक जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय के कारणों का विश्लेषण करके विलक्षण नित्य पदार्थ का निरूपण करती है, तो आधिदैविक पद्धति विविधरूप और विविध स्वभाववाली अनेक देवताओं में शक्ति का संचार करानेवाली किसी एक परमसत्ता को खोज निकालती है और आध्यात्मिक पद्धति व्यक्ति की मानसिक प्रक्रियाओं तथा दैहिक कार्यकलापों का निरीक्षण-परीक्षण करके उनके मूलभूत आत्मतत्त्व का निरूपण करती है। उपनिषद् के द्रष्टा ऋषियों ने ऊपर की तीनों पद्धतियों का उपयोग करके जिस परमतत्त्व का निरूपण किया है वही 'ब्रह्म' कहा गया है।

ये तीनों पद्धतियाँ समानान्तर रूप से चली हैं। उनमें कोई कालिक क्रमिकता अथवा वैचारिक विकास के सोपान का रूप नहीं है। कुछ पाश्चात्य संस्कृत विद्वान् ऐसा मानते हैं, पर यदि ऐसा होता तो इन तीनों पद्धतियों के समानान्तर उदाहरण, जो ऊपर बताए हैं वे नहीं मिल सकते। ये सब तो संहिताओं के ही सूक्त हैं। अब तो उन तीनों शैलियों के समकालीन - समानान्तर अस्तित्व के विषय में तत्त्वज्ञों को शंका नहीं होनी चाहिए।

यह संभव है कि ऊपर बताई गई तीन शैलियों में से किसी एक दृष्टि से ब्रह्म को देखनेवाले व्यक्ति को, अन्य शैली द्वारा किए गए ब्रह्मनिरूपण में विसंगति और विरोध मालूम हो। इसलिए बहुत

धैर्य, विवेक और सहानुभूतिपूर्वक सभी शैलियों द्वारा किए गए ब्रह्मनिरूपण का मूल्यांकन करके उनमें समन्वय स्थापित करना चाहिए। इसमें अपरिपक्व दृष्टि काम नहीं आएगी। पाश्चात्य वैदिक विद्वानों की यह त्रुटि सहेतुक हो या निर्हेतुक हो, उनकी बात छोड़ दें, तो भी वैदिक देवतातत्त्व को उन्होंने या तो समझा नहीं या समझने का श्रम नहीं उठाया और बहुदेवत्व, एकदेवत्व और सर्वेश्वरवाद की मनगढ़न्त परिकल्पना उन्होंने कर दी।

यदि उनकी बात सही है तो ऋग्वेद का पुरुषसूक्त क्यों संहिता में आ सका ? हमारे सिद्धान्त के प्रत्यक्ष प्रमाण के रूप में तो हम यास्क को ले सकते हैं। अपने निरुक्त के सातवें अध्याय में उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि—"महाभाग्याद् देवताया एक एव आत्मा बहुधा स्तूयते। एकस्यात्मनोऽन्ये देवा: प्रत्यगानि भवन्ति।" (7.4.8-9)। दूसरा प्रमाण बृहद्देवता का भी है। अब इससे ज्यादा किस प्रमाण की अपेक्षा रह जाती है ? हम तो यहाँ तक मानने के लिए लालायित हो उठते हैं कि ऋग्वेद का प्रधान लक्ष्य ही शक्तिवैविध्यसम्पन्न ब्रह्मतत्त्व का निरूपण है। और इसीलिए प्रकृति की विविध शक्तियों का देवतारूप में वर्णन किया गया है। ऐतरेय आरण्यक हमारे इस मत का प्रमाण देते हुए कहता है कि "एक ही महान् सत्ता की उपासना ऋग्वेदी 'उक्थ' से, यजुर्वेदी 'अग्नि' से और सामवेदी 'महाव्रतयाग' से करते हैं।" (ऐतरेय आरण्यक 3.2.3.12)

तदुपरान्त ऋग्वेद के 'ऋत' की बात और अथर्ववेद के 'स्कंभ' की बात तो हम कह आए हैं। अदितिसूक्त आदि अनेकानेक अकाट्य प्रमाण मिल सकते हैं।

ब्रह्म के दो स्वरूप

इन्हीं तीन पूर्वोक्त पद्धतियों में अधिभूत और अधिदैव में से उपनिषदों का सगुण ब्रह्म अवतरित हुआ या कहें कि परिष्कृत हुआ और आध्यात्मिक पद्धति का परिष्कृत रूप निर्गुण ब्रह्म में उतरा। इस तरह उपनिषदों में ब्रह्म के दो स्वरूपों का विशद वर्णन किया गया है।

ऊपर आरंभ में ब्रह्म का जो स्वरूप बताया गया है वह दोनों का समन्वित स्वरूप है। उसमें वाचक को परस्पर विरोधाभास लगेगा। इसके समाधान के लिए हम यहाँ दोनों को अलग दिखाकर स्पष्ट करने का प्रयत्न करेंगे।

उपनिषदों में निर्गुण-निराकार-स्वप्रकाश-ज्ञानस्वरूप-अनन्त परमसत् ब्रह्म को **'परब्रह्म'** कहा गया है और सर्वशक्तियुक्त सृष्टि के सर्जक-पालक-पोषक परमतत्त्व साकार सगुण ब्रह्म को **'अपरब्रह्म'** की संज्ञा दी गई है। परब्रह्म को निर्विशेष, अलक्ष्य, गुणातीत, निरुपाधिक, निर्विकल्प आदि संज्ञाएँ दी जाती हैं, जबकि अपरब्रह्म में विशेषत्व, लक्षण, चिह्न, प्रतीक, गुण, उपाधि-परिवेशादि सविकल्पता आदि सबका समावेश कर सकते हैं। उसका स्वरूप हृदय में रखा जा सकता है।

ब्रह्म के इन पर-अपर—दो भावों को प्रदर्शित करने के लिए उपनिषदों ने दो प्रकार के वाक्य प्रयुक्त किए हैं—एक निर्विशेष और निर्लिंग है, तो दूसरा सविशेष और सलिंग है। सलिंग - सविशेष अपरब्रह्म का वर्णन करती हुई श्रुतियाँ ब्रह्म को पुंल्लिंग श्रेणी में रखती हैं, जैसे—सर्वकर्मा, सर्वसंकल्प, सर्वकर्ता, सर्वरूप, सर्वरस आदि हैं। और परब्रह्म का वर्णन करनेवाली श्रुतियाँ ब्रह्म को नुपंसकलिंग में वर्णित करती हैं; जैसे अणु, अस्थूलम् आदि हैं। कारण यह है कि परमार्थत: परब्रह्म की कोई जाति नहीं होती। यही कारण है कि उसका 'तत्' पद से निर्देश होता है। 'स:' के द्वारा नहीं। स: का निर्देश सविशेष ब्रह्म के लिए - सगुण ब्रह्म के लिए ही किया जाता है। ब्रह्म के सम्बन्ध में

श्रुतिवाक्यों में पर-अपर, सविशेष-निर्विशेष के लिए इतना पार्थक्य होते हुए भी ब्रह्म के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का वैषम्य नहीं। सविशेष-निर्विशेष तो भाव-भेद के सूचक शब्द हैं, पदार्थ-भेद के सूचक नहीं। सगुण-निर्गुण, सोपाधि-निरुपाधि आदि शब्द तो एक ही ब्रह्मतत्त्व के भावगत विशेषण के सूचक हैं। जैसे माण्डूक्योपनिषद् (1.1.6) की एक ही श्रुति में निर्विशेष ब्रह्म के नपुंसकलिंगी वर्णन के साथ ही साथ सविशेष ब्रह्म का पुंल्लिंगी वर्णन भी (एक साथ) किया गया है। (अस्थूलम्..... भूतयोनिम्.....आदि)। इस प्रकार जब एक ही मंच में उभयविध पदों से उभयविध ब्रह्म का निरूपण किया जा रहा हो, तब सुस्पष्ट रीति से दोनों के बीच में वस्तुगत भेद का अभाव सिद्ध हो ही जाता है। पर बाद में उपनिषदों पर भाष्य-टीका आदि करने वाले आचार्यों ने इस उभयविध पदरचना के बारे में भारी ऊहापोह मचाया है। शंकर निर्गुणपरकता को मुख्य और गुणपरकता को गौण मानते हैं, जबकि रामानुज सगुणपरकता को मुख्य और निर्गुणपरकता को गौण मानते हैं। परन्तु, चाहे सगुण हो या निर्गुण, परमतत्त्व तो एक ही है।

अपर ब्रह्म के दो प्रकार के लक्षण

उपनिषदों में अपर (सगुण - सविशेष) ब्रह्म का परिचय दो तरह से दिया गया है। किसी भी सविशेष वस्तु के परिचय के लिए उसका लक्षण देना अनिवार्य है। वह लक्षण दो प्रकार का होता है—एक स्वरूप लक्षण और दूसरा तटस्थ लक्षण।

स्वरूप लक्षण—जिसके द्वारा वस्तु के शुद्ध मूलस्वरूप का ज्ञान हो जाए उसे स्वरूप लक्षण कहते हैं। श्रुतियों में ब्रह्म का मूलस्वरूप—'सत्यं ज्ञानमन्तं ब्रह्म', 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म', 'परास्य शक्ति-र्विविधै श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च' आदि रूप में क्रमश: तैत्तिरीय (2.9) बृहदारण्यकोपनिषद् (3.9.28) में दिया गया है अर्थात् वह ब्रह्म स्वरूपत: सत्य, ज्ञान, अनन्त, विज्ञान, आनन्द आदि रूप है तथा ज्ञानशक्ति, इच्छाशक्ति तथा क्रियाशक्ति से परिपूर्ण है। ऐसी रीति से सविशेष ब्रह्म का निरूपण स्वरूप-लक्षण बताकर किया गया है।

तटस्थ लक्षण—अब सविशेष ब्रह्म का तटस्थ लक्षण देखें तो वह लक्षण छान्दोग्योपनिषद् में केवल एक ही शब्द में दिया गया है—**'तज्जलान्'** (छा.उ. 3.14.9) केवल तीन ही वर्णों का बना लक्षण। इसके तीन शब्द बनाएँ तो —1. तज्ज, 2. तल्ल और 3. तदन् होगा। इनमें **'तज्ज'** का अर्थ है उस ब्रह्म से जगत् उत्पन्न होता है **'तल्ल'** का अर्थ है 'उस ब्रह्म में यह जगत् लय होता है' और **'तदन्'** का अर्थ 'उसी के कारण स्थितिकाल में जगत् प्राण धारण करता है।' तैत्तिरीय उपनिषद् में पूरा लक्षण दिया है—'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते । येन जातानि जीवन्ति । यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद् विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म।' (तै.उ. 3.1)। इसी उपनिषद् मंत्र का सिद्धान्त 'जन्माद्यस्य यत:' (ब्रह्मसूत्र 1.1) में उपस्थित है। माण्डूक्योपनिषद् में इसी सगुण ब्रह्म की सर्वज्ञता, सर्वान्तर्यामिता, सर्वाधिपत्य, सर्वकारणत्व, जीवोत्पादकता आदि बताए गए हैं। सगुण ब्रह्म सारे संसार का शासक और सभी प्राणियों का भाग्यविधाता है। वह सत्कर्मशील जनों का कल्याणकारी और दुष्कर्त्ताओं को दण्ड देने वाला है। वह कभी ईश्वर, कभी हिरण्यगर्भ और कभी विराट् के नाम से विभूषित है।

केनोपनिषद् के तृतीय खंड में ब्रह्म की सर्वशक्तिमत्ता के विषय में कही गई उमा-हैमवती की कथा भी तो यही कहती है कि अग्नि में अपनी कोई दाहक शक्ति नहीं है, वायु में एक तिनके को भी उड़ाने की अपनी कोई शक्ति नहीं है। यदि वे उन शक्तियों को अपनी शक्तियाँ मानने का गर्व करें

तो वह गलत ही है। ब्रह्म की ही शक्ति से वे शक्तिमान हैं। इन्द्र की नम्रता से ही उमा-हैमवती (ज्ञानदेवी) ही उसे उपदेश देने के लिए आविर्भूत हुई थीं।

परब्रह्म

यह ठीक है कि सविशेष ब्रह्म का स्वरूप-लक्षण या तटस्थ-लक्षण किसी तरह मन में बैठ सकता है, परन्तु निर्गुण - निर्विशेष ब्रह्म का लक्षण क्या है ? निर्विशेष या निर्गुण भाव को तो किसी लक्षण में कैसे बाँधा जा सकता है। लक्षण तो विशेषता वाले पदार्थ का ही होता है, निर्विशेष का लक्षण कभी हो ही नहीं सकता, तब उसके अस्तित्व को कैसे माना जाए ? उसे किस तरह पहचाना जाय ? वह तो अनिर्देश्य है।

यही कारण है कि जब बाष्कलि ऋषि ने बाध्व ऋषि से ब्रह्म के बारे में पूछा तब वे मौन हो गए। मौन ही इस प्रश्न का उत्तर है। ब्रह्म में सभी गुणों का **अभाव** होने से उसका भावात्मक वर्णन नहीं हो सकता। इसलिए श्रुति 'नेति नेति' कहकर परब्रह्म का परिचय करवाती है, यथा—"स एष नेति नेति आत्मा आदेशो भवति नेति नेति नह्येतस्मात् अन्यत् परम् अस्ति।" (बृ.उ. 4.4.22)

इस नकारात्मक वर्णन पद्धति को 'अतद्व्यावृत्ति' नाम दिया गया है। परब्रह्म के निरूपण में इस पद्धति का अनुसरण किए बिना छुटकारा नहीं है; और कोई उपाय भी नहीं, इसीलिए परब्रह्म के वर्णन में श्रुतियों में 'नकार ('अ'कार) का बाहुल्य ही नजर आता है, जैसे—अस्थूलम्, अनणु, अह्रस्वम्, अदीर्घम् (बृ.उ. 3.6.6), अशब्द, अस्पर्श, अरूप, अव्यय, अरस, अगन्धयत्, अनादि, अनन्त (कठ. 1.3.15) आदि।

याज्ञवल्क्य ने जहाँ गार्गी को ब्रह्मोपदेश दिया, वहाँ भी इस परब्रह्म के वर्णन में नकार की (अकार की) हारमाला ही दिखाई देती है। विस्तार-भय से उसे यहाँ नहीं लिखा जा सकता।

केनोपनिषद् में प्रतिपादित निर्गुण ब्रह्म के वर्णन में कितनी सजीवता है—

यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ।।

यही परब्रह्म की अवाङ्मनस-गोचरता है। देश-कालादि सभी उपाधियों से नितान्त-अतीत विरहित, सर्वातीत, प्रमाणातीत, परात्पर वह है वहाँ—

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतः कुतोऽयमग्निः ?
तमेवभान्तमनुभाति सर्वं, तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।

यही वह परब्रह्म है।

सृष्टि

यह ब्रह्म ही समस्त सृष्टि का अधिष्ठान है, वही हमारा आत्मा है, जीवन का परमलक्ष्य उसकी प्राप्ति ही है, वही मोक्ष है और इसी बात को उपनिषदों में तरह-तरह से बार-बार बतलाया भी गया है; उपनिषदों का मुख्य विषय भी यही है। तथापि जिस जगत् में हम रहते हैं, चलते-फिरते हैं, खाते-पीते हैं, मानो अपने अस्तित्व का भान प्राप्त करते हैं, उस जगत् की उपेक्षा तो कोई भी तत्त्वज्ञानी नहीं कर सकता। सभी व्यावहारिक हेतुओं के लिए जगत् हमारे लिए सत्य ही है। इतना ही नहीं, यह सृष्टि है तभी तो हमारे लिए मोक्ष-साधना की और मोक्ष की प्राप्ति की सार्थकता है, नहीं तो हम

साधना के लिए संघर्ष क्यों करें ? इसीलिए इस सृष्टि के विषय में जानना जरूरी है कि यह सृष्टि कैसे बनी ? अभी तक वह कैसे टिकी हुई है ? और इसका अंतिम परिणाम क्या है ? अत: हम उपनिषदों में प्रस्तुत सृष्टि-विषयक वर्णन का अवलोकन कर लें।

उपनिषदें कहती हैं कि प्रारंभ में तो केवल एक ब्रह्म ही (आत्मा ही 'सत्') था। वह 'एकमेवाद्वितीय' था। उसने बहुत होने की कामना की फिर उसने अपने में से ही आकाश (अवकाश या देश - Space) उत्पन्न किया। उस आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल और जल से उसने पृथ्वी को बनाया। इन पाँचों महाभूतों का ब्रह्म के साथ सम्बन्ध प्रत्येक स्तर और प्रत्येक अवस्था में रहता ही है। इन पाँचों तत्त्वों (महाभूतों) का मिश्रण (पंचीकरण) और उनकी ब्रह्म के साथ संलग्नता का परिणाम ही यह विश्व है। इन भूतों में ब्रह्म अपने संकल्प से अंतर्यामी होकर प्रविष्ट हुआ। ('सोऽकामयत, एकोऽहं बहुस्याम प्रजायेय। तस्माद् वा एतस्मादाकाश: संभूत:' आदि श्रुतियाँ तथा 'अनेन जीवेनात्मनानुप्राविशत्'—यह श्रुति का प्रामाण्य है)।

उपनिषद् के ही एक अन्य वर्णनानुसार जगत् के मूल तत्त्व के रूप में पहले अग्नि, जल और अन्न (पृथ्वी)—ये तीन ही तत्त्व उत्पन्न किए गए थे। कुछ स्थानों पर तो केवल दो ही तत्त्वों का—'रयि' और 'प्राण' का ही जगत् के मूलस्रोतों के लिए उल्लेख मिलता है। 'रयि' का अर्थ चन्द्र या अन्न होता है और 'प्राण' का अर्थ सूर्य, शक्ति, अग्नि या चेतना होता है। विविध प्रमाण में इन तीनों का सम्मिश्रण करने से इस वैविध्यपूर्ण जगत् का निर्माण हुआ। जिस प्रकार संगीत के सात परस्पर पृथक् स्वरों के विशिष्ट संयोजन (संमिश्रण) से असंख्य राग-रागिनियों का जन्म होता है इसी प्रकार ही यह सारा खेल है। 'यह समस्त जगत् उस ब्रह्म के नियन्तृत्व में ही है।' इतना कह देना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि यह कह देना चाहिए कि यह जगत् उससे अलग है ही नहीं।

ब्रह्म में से उत्पन्न होने के या ब्रह्म में से उत्स्फुर्जित होने के बाद भी यह सृष्टि ब्रह्म में ही अपना अवस्थान गतिमान रखती है और प्रलय के समय उसी में मिल भी तो जाएगी।

परब्रह्म और जगत् का सम्बन्ध कैसा है ? इसके सम्बन्ध में उपनिषदों में दो दृष्टिकोण दिखाई देते हैं। एक को 'सप्रपंचवाद' तो दूसरे को 'निष्प्रपंचवाद' कहा गया है। सप्रपंचवाद का कहना है कि जगत् ब्रह्म का ही विकास (विस्तार) है, इसलिए जगत् भी ब्रह्म ही है। दूसरी ओर तो निष्प्रपंचवाद कहता है कि जगत् का अपना कोई खास अस्तित्व है ही नहीं। वह कहता है कि सही अस्तित्व अर्थात् पारमार्थिक हस्ती तो केवल ब्रह्म की ही है। ये दोनों ही उपनिषदों के दृष्टिकोण हैं।

मुण्डक ने इस विषय में 'ऊर्णनाभि' का उदाहरण दिया है। कुछ उपनिषदों में उत्पत्ति का काम 'आकाशाद् वायु:' आदि कहकर बताया है।

उपनिषदों में बन्धन और मुक्ति

कुछ उपनिषदें जीवात्मा और परमात्मा का स्वरूप एक ही वृक्ष की डाली पर बैठे हुए दो पक्षियों के चित्रण द्वारा बताते हैं—"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषष्वजाते। तयोरन्य: पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।" अर्थात् एक ही वृक्ष (शरीर) पर दो सुपर्ण युगल सखा पक्षी (जीव-ब्रह्म) एक साथ बैठे हैं उनमें से एक वृक्ष के फल (कर्मफल) जो खट्टे-मीठे हैं खाता है, और दूसरा साक्षीभाव से देखता रहता है। अर्थात् एक सुख-दु:ख भोगता है और दूसरा शान्त, निर्लेप, फलों को छूता तक नहीं। कर्मफल भोगनेवाला अर्थात् सुख-दु:खादि का अनुभवकर्ता जीव जब परब्रह्म परमात्मा की महिमा को पा लेता है, तब वह सांसारिक पीड़ाओं से मुक्त हो जाता है।

पर प्रश्न तो यह है कि आत्मा को तो नित्यमुक्त माना गया है। वह जीव कब बना ? कैसे बना ? क्यों बना ? किसलिए बना ? इन प्रश्नों के उत्तर उपनिषदों ने नहीं दिए हैं। उन्होंने तो केवल इस भवचक्र से छूटने के लिए तरह-तरह के साधना-प्रकार बता दिए हैं, जिनका पालन या अनुष्टान करने से जीव अपने मूलस्थान अर्थात् अपनी मूल अवस्था को पुन: प्राप्त कर सके। उपनिषदों के प्राचीन चिन्तकों ने भी जीव, ईश, विशुद्ध चैतन्य, जीव-ईश का भेद, विद्या और अविद्या तथा चित् का भेद—इनको नित्य मानकर ही परितोष कर लिया ! हमारे प्रश्नों का सन्तोषप्रद उत्तर अभी तक तो मिला नहीं है। शायद विश्व के किसी भी दार्शनिक के पास इसका दोषरहित बौद्धिक उत्तर अभी तक नहीं है।

मुमुक्षु साधक को चाहिए कि वह साधना के प्रथम सोपान के रूप में अपने में कुछ नैतिक तथा समाज-हितकारी सद्गुणों को प्रविष्ट करे; उनका अपने जीवन में दृढ़ निष्ठा से पालन करे; अपनी विवेक बुद्धि द्वारा छानबीन करके वह समझ ले कि वैदिक विधिविधान इहामुष्मिक फल देनेवाले होने पर भी वे कभी भी स्थायी शाश्वत सत्य की ओर ले जाने के लिए सामर्थ्यपूर्ण नहीं हो सकते। इसलिए आध्यात्मिक साधक को अन्ततोगत्वा उन्हें छोड़ना ही पड़ेगा। आध्यात्मिक साधक को 'प्रेयस्' (सुख) को छोड़ने के लिए और श्रेयस् (कल्याण) को प्राप्त करने के लिए सर्वदा तत्पर होना चाहिए। दुराचार को छोड़कर संयम का पालन करते हुए साधक को बहिर्मुखता छोड़कर अन्तर्मुखी बनना चाहिए। अपने हृदय की विशालता को उसे देखना चाहिए और उसे भगवान् का आसन समझकर ध्यान करना चाहिए। सभी जीवित प्राणियों के प्रति साधक के हृदय में करुणा होनी चाहिए। उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उसे हमेशा प्रयत्न करते रहना चाहिए। अपने आचार के विषय में उसे सर्वदा सावधान रहना चाहिए और सत्य ही बोलना चाहिए। उसे धर्माचरण ही करना चाहिए और अपने जीवन में शास्त्रीय आज्ञाओं को धारण करना चाहिए। साधक की साधना के महत्त्व के अंगरूप में उपनिषदों के अध्ययन, तपश्चरण और ब्रह्मचर्य (स्त्री-त्याग)—ये तीन मुख्य बिन्दु माने जाते हैं।

साधक को मुमुक्षुत्व का उदय होते ही नम्रतापूर्वक समित्पाणि होकर गुरु के पास जाना आवश्यक है। और गुरु के लिए भी उपनिषदों का यह अनिवार्य नियम है कि आए हुए शिष्य की योग्य कसौटी करके उसे योग्य आध्यात्मिक ज्ञान दे। गुरु के उपदेश के बाद शिष्य को चाहिए कि वह गुरु के दिए हुए उपदेश का चिन्तन-मनन करे और बाद में उसका ध्यान करे। इस ध्यान का फल अनुभूति होगा। यही साक्षात्कार है।

तो इस अनुभूति का - इस साक्षात्कार का स्वरूप क्या है ? साधक आत्मानुभूति में क्या पाता है ? वह सभी प्राणियों में अपने-आप को और अपने-आप में सभी प्राणियों को देखने लगता है। ऐसा होने से उसे किसी पर न तो कोई विशेष आकर्षण होता है अथवा न ही किसी पर कोई घृणा होती है। अपने सभी विचारों के पीछे वह विशुद्ध आत्मशक्ति का अनुभव कर सकता है। उसको यह स्पष्ट दिखाई देता है कि इस भौतिक जगत् में उसको बाँधनेवाले सभी बन्धन इस ज्ञान से टूट गए हैं वह आत्माराम होता है। सदा आत्मानन्द में मग्न रहता है। जब वह बाहरी दुनिया को देखता है तब भी वह उसी स्वपर्याप्त आत्मा को ही देखता है। उसका आत्मा ही तो ब्रह्म है। उसका आनन्द अवर्णनीय है, अनन्य है, लोकोत्तर है। वह परितुष्ट और विशोक हो जाता है। आनन्दविभोर अवस्था में वह सर्वत्र कभी घूमता भी रहता है और लोककल्याण के लिए अपने अनुभवों को सभी जगह कदाचित् कहता-फिरता भी है।

ऐसे मनुष्य को 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है अर्थात् इस जगत् में रहते हुए भी वह मुक्त ही है। ऐसे जीवन्मुक्त की इस देह को छोड़ने के बाद क्या दशा होती है ?

उपनिषदों में इसके लिए दो दृष्टिकोण देखे जाते हैं। एक मत तो ऐसा है कि मरने के समय ऐसे जीवन्मुक्त का स्थूलशरीर और सूक्ष्मशरीर उसकी आत्मा से अलग हो जाते हैं और ये अलग हुए दोनों शरीर पंचमहाभूतों में विलीन हो जाते हैं और वह आत्मा ब्रह्म के साथ मिल जाता है। जैसे नदी सागर में विलीन (एकाकार) हो जाती है, वैसे ही वह ब्रह्म में एकाकार हो जाता है। वह नदी की तरह ही अपना स्वतंत्र अस्तित्व खोकर ब्रह्म के साथ अद्वितीय हो जाता है।

परन्तु उपनिषदों का एक दूसरा मत भी इस विषय में है। अधिकतर उपनिषदें जीवन्मुक्त पुरुष की 'अर्चिरादि मार्ग' की यात्रा का वर्णन करती हैं। उपनिषदों में इस अर्चिरादि मार्ग को 'देवयान' और 'उत्तरायण' भी कहा गया है। यह मार्ग जीवन्मुक्त मनुष्य को 'ब्रह्मलोक' अथवा 'सत्यलोक' में पहुँचा देता है। मरने के बाद जीवन्मुक्त को इस मार्ग से यात्रा करनी पड़ती है—यह उपनिषदों का इस विषय में दूसरा मत है। जीवन्मुक्त इस यात्रा में अन्त में ब्रह्मलोक को पाकर वहाँ स्थायी रूप से अनन्त शान्ति में और अनन्त आनन्द में रहता है। जीवन्मुक्त की इस यात्रा में अग्नि, दिवस, शुक्लपक्ष, उत्तरायण के छ: मास, वर्ष, सूर्य, चन्द्र और विद्युत् नाम के विरामस्थल आते हैं। वास्तविक रूप से ये सभी नाम उस स्थल के अधिष्ठाता देवताओं के ही हैं। जीवन्मुक्त यात्रा करते-करते जब अन्तिम विरामस्थान 'विद्युत्' में पहुँचता है, तब वहाँ 'अमानव पुरुष' (दिव्य पुरुष) उसे ब्रह्मलोक में ले जाता है।

यहाँ प्रश्न यह उठता है कि क्या यह ब्रह्मलोक कोई आन्तरिक अनुभूति की अवस्था है, अथवा कोई वास्तविक बाहरी लोक है, जहाँ यह जीवन्मुक्त निवास करता है ? इस विषय में लगभग सभी उपनिषदें इस प्रश्न का उत्तर या तो देती ही नहीं हैं, और देती भी हैं तो उनका उत्तर धुँधला-सा ही रहता है। हाँ, छान्दोग्य (8.5.3) में कहा है कि यह कोई मानसिक अवस्था नहीं, परलोक ही है। पृथ्वी से ऊपर में वह तीसरा लोक है। वहाँ दो बड़े सरोवर हैं। एक का नाम 'अर' और दूसरे का नाम 'ण्य' है। वहाँ अन्नरस के छोटे-छोटे झरने हैं, उन्हें 'ऐरंमदीय सोमसवन' कहा जाता है। वहाँ एक पिप्पल का वृक्ष है और अपराजिता नाम की नगरी भी है, जिसमें एक सुवर्ण मण्डप भी है। कौषीतकिब्राह्मणोपनिषद् (1.3.4 और 8) में तो उनका सचित्र चित्रण किया गया है। उसमें इस लोक में एक विरजा नदी और इन्द्र तथा प्रजापति, दो द्वारपाल के रूप में तथा विचक्षण नाम का एक सिंहासन, अमितायुज नाम का शंख, पाँच सौ दिव्य अप्सराएँ आदि उस मुक्तात्मा की सेवा में और जोड़े गए हैं। ये सब मुक्तात्मा को सजाते-सँवारते हैं और ब्रह्मलोक में उसके प्रवेश के समय ब्रह्म का सौरभ उसमें प्रविष्ट हो जाता है।

कुछ भी हो, ब्रह्मलोक नाम का कोई बाहरी लोक हो या भीतरी मानसिक अवस्था हो, पर वहाँ पहुँचा हुआ साधक इस संसार के जन्म-मरण के चक्र में फिर से नहीं आता।

उपनिषदों में मरणोत्तर गति

आत्मज्ञानी की मरणोत्तर स्थिति के बारे में उपनिषदों के दो मतों को हमने देखा। पर आत्मज्ञान नहीं पानेवाले जीवों की मरणोत्तर गति कैसी होगी ? उपनिषदों में इस प्रश्न की चर्चा भी की गई है।

जो लोग सकाम कर्म करनेवाले हैं, या जो लोग निम्न कक्षा की उपासनाएँ करनेवाले हैं, उनकी कामनाएँ उन-उन कर्मों के द्वारा पूर्ण होती हैं। उनमें से कुछ लोग स्वर्गलोक को प्राप्त करते हैं।

यहाँ आश्चर्य की बात तो यह है कि उपनिषदों में स्वर्ग की बातें तो कई बार आयी हैं, परन्तु स्वर्ग के विरोधी नरक की बात तो कहीं भी वर्णित नहीं है। बाद के काल में लिखी गई एक गौण उपनिषद् में ही नरक की बात कही गई है। पुराणों में जिस प्रकार के नरक का वर्णन है, उससे उपनिषदें अनजान मालूम होती हैं।

वैसे स्वर्ग में गए हुए लोग अपने पुण्यों के प्रमाण में भोगों को भोग कर पुण्य क्षीण होने पर वापिस मृत्युलोक में लौट जाते हैं। ऐसे लोगों की इस मरणोत्तर यात्रा को कहीं-कहीं 'धूमादिमार्ग' कहा गया है, तो कहीं-कहीं 'पितृयान' और 'दक्षिणायन' भी कहा गया है। वहाँ आत्मा धूमादिमार्ग से चन्द्रलोक की ओर पहुँचाया जाता है। इस मार्ग के बीच धूम, रात्रि, कृष्णपक्ष, दक्षिणायन के छः मास आदि विश्रामस्थल आते हैं। वहाँ (लक्ष्यस्थान) पर पहुँचकर पुण्य के प्रमाण में चन्द्रलोक में सुख भोग कर पुण्य क्षीण होने पर वह फिर पृथ्वी पर आता है। वापिस आने के मार्ग में आकाश, वर्षा, वनस्पति और चेतना—इस प्रकार के रूपों का रूपान्तरण उसे करना पड़ता है।

जो जीव इन दोनों मार्गों में से एक को भी नहीं जानते वे तो बार-बार पशु-पक्षी, जीव-जन्तुओं की कनिष्ठ योनियों में अनन्तकाल तक जन्म-मरण के चक्र में आया-जाया करते हैं।

इसी विषय के आनुषंगिक रूप में उपनिषदों में कर्म और पुनर्जन्म का वर्णन भी जगह-जगह पर पाया जाता है। पुण्यकर्मों का करनेवाला मनुष्य अपने कर्मों का अच्छा फल पाता है और निकृष्ट (पाप) करनेवाला मनुष्य निकृष्ट फल पाता है। ('रमणीयचरणा रमणीयां योनिमापद्यन्ते कपूयचरणा कपूयां योनिमापद्यन्ते' आदि।)

उपनिषदों में उपासनाएँ या विद्याएँ

साधना के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण अंग के रूप में उपनिषदों में कुछ उपासनाएँ दी गई हैं। उन उपासनाओं का दूसरा नाम 'विद्याएँ' हैं। जो मनुष्य यज्ञयागादि में ही डूबा रहता है, या वैदिक यज्ञों में ही रममाण होता है, उसे कभी-न-कभी धीरे-धीरे चिन्तन या मनोमन्थन की ओर जाना ही पड़ता है। चिन्तन में उसकी एकाग्रता पहले होती है और तभी ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। वह ज्ञान धीरे-धीरे होता है, वह आत्मा का अनुभवात्मक ज्ञान है। ऐसा अनुभवात्मक आत्मज्ञान ही जीवन का चरम लक्ष्य है और मोक्ष का वही एकमात्र उपाय है ('नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय')।

उपनिषदों में वर्णित इन उपासनाओं (विद्याओं) के दो रूप हैं—पहले रूप में साधक से यह कहा गया है कि यज्ञविधि के विविध भागों में वह अमुक प्रकार के विचारों का आरोपण करे। उदाहरण के तौर पर बृहदारण्यक उपनिषद् में साधक से यज्ञीय अश्व के ऊपर (अश्वमेध के मेध्य अश्व पर) ऐसा आरोपण करने को कहा गया है। वहाँ अश्व में प्रजापति का आरोपण करने को कहा गया है। जो लोग अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान करने में समर्थ नहीं होते हैं, उनके लिए ऐसी उपासना (ऐसा आरोपण) अश्वमेध के बाह्य अनुष्ठान जैसा ही फल देनेवाला होता है। यज्ञीय पदार्थों का विभाग और उस विभाग पर वैचारिक आरोपण ही इस उपासना का स्वरूप है।

उपासना का दूसरा प्रकार नाम, वाक्, बल और मन आदि कुछ विषयों पर ब्रह्मरूप से ध्यान-चिन्तन करने का उपनिषदों में वर्णन किया गया है। इसमें उन विषयों और ब्रह्म के बीच किसी-न-किसी प्रकार की समानता को खोजा जाता है। ऐसी उपासनाएँ साधक के मन को धीरे-धीरे उच्चतर स्तर की ओर ले जाती हैं, और अन्त में उच्चतम कक्षा 'ब्रह्म' तक पहुँचा देती हैं और उसे आवश्यक सभी आध्यात्मिक अनुभव करवा देती हैं।

उपनिषदों में बताई गई ऐसी उपासनाओं की संख्या बहुत बड़ी है। उपनिषदों में व्यापक प्रमाण में ये उपासनाएँ फैली हुई हैं। उपासनाओं की संख्या लगभग बत्तीस के आसपास हैं। कुछ अधिक महत्त्व की उपासनाओं की बात कहें तो छान्दोग्योपनिषद् में ही ऐसी बारह उपासनाएँ बताई गई हैं—(1) अक्षिपुरुषविद्या, (2) भूमाविद्या, (3) दहरविद्या, (4) गायत्रीविद्या, (5) मधुविद्या, (6) पंचाग्निविद्या, (7) पुरुषविद्या, (8) सद्विद्या, (9) संवर्गविद्या, (10) शाण्डिल्यविद्या, (11) उपकोमलविद्या और (12) वैश्वानरविद्या।

बृहदारण्यक उपनिषद् में ऐसी विद्याओं की संख्या चार हैं—(1) अन्तरादित्यविद्या, (2) पंचाग्निविद्या, (3) प्राणाग्निहोत्रविद्या और (4) उद्गीथविद्या। इसी तरह कौषीतकि उपनिषद् में भी—(1) पर्यंकविद्या और (2) प्रतर्दनविद्या नाम की दो विद्याएँ बताई गई हैं।

ये सभी विद्याएँ रहस्यमय हैं और प्राचीन काल में ये गुप्त रूप से सिखाई जाती थीं। वे गोपनीय ही रहती थीं। उनका अनुष्ठान करने के लिए विशिष्ट अधिकार की आवश्यकता समझी जाती थी। विद्यार्थी की योग्यता की पहले कसौटी की जाती थी। यही कारण है कि इन उपासनाओं की पद्धतियों और विधियों का वर्णन न तो उपनिषदों में पाया जाता है, न ही उपनिषदों के भाष्यकारों के भाष्य में भी पाया जाता है। आज तो हम एक संचित निधि के केवल संरक्षण के रूप में उपनिषदों के साथ उन्हें संगृहीत कर रहे हैं, ऐसा ही समझना चाहिए। एक संभावना ऐसी हो सकती है कि बाद में विकसित विविध प्रकार के योगों के लिए इन उपासनाओं से काफी सामग्री उपलब्ध हुई हो।

उपनिषत्कालीन सभ्यता और संस्कृति

यहाँ पर हम प्राचीन दस उपनिषदों के बारे में ही सब कुछ कह रहे हैं; बाद में रचित अर्वाचीन साम्प्रदायिक, तान्त्रिक, अश्रौत और उपनिषद् नामधारी कृतियों की नहीं। अतः अब हम उन प्राचीनतम दस या ज्यादा-से-ज्यादा चौदह जिनके भाष्य शंकराचार्य ने किये हैं, अथवा उन्होंने अपने भाष्यों में जिन उपनिषदों का उल्लेख किया है उन्हीं उपनिषदों के काल की सभ्यता और संस्कृति के बारे में थोड़ा विचार करेंगे। (श्रौत उपनिषदों में भी प्रणवोपनिषद् जैसी कुछ उपनिषदें तांत्रिक हैं, वह तो विषय ही अलग है अतएव यहाँ अप्रस्तुत है)।

उपनिषदों को देखने पर उस समय की अच्छी सामाजिक परिस्थिति का परिचय मिलता है। उस समय हमारे देश की उत्तर-पश्चिमी सीमा गान्धार तक (अफगानिस्तान तक) फैली हुई थी, और उसमें मद्र (सियालकोट), कुरु (दिल्ली), केकय (पंजाब), पाञ्चाल (बरेली और कन्नौज - उत्तरप्रदेश), कोसल (उत्तरप्रदेश का अयोध्या विस्तार), विदेह (बिहार का तिरहुट), कौशाम्बी (उत्तरप्रदेश का कोसाम और काशी) आदि बहुत राज्य शामिल थे। इन प्रदेशों पर राज्य करने वाले सभी राजा क्षत्रिय थे। वे सब युद्ध-विद्या में और राज्यव्यवस्था में जैसे प्रवीण थे, वैसे ही वैदिक विद्याओं में भी पारंगत थे। वास्तविक बात तो यह है कि वे ही अमुक प्रकार की रहस्यविद्या की परंपरा से रखवाली करते आए थे। वे केवल विद्वान् ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मणों और ऋषियों की रक्षामात्र ही नहीं करते थे, अपितु वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए उन्हें प्रेरित भी करते थे, उन्हें आश्रय देते थे, उनकी मदद करते थे। सत्य और धर्म के स्तर की उच्चतम कक्षा को समाज में सतत चालू रखने के लिए वे कुछ भी करने के लिए सदैव सजग रहते थे। वर्ण-व्यवस्था तो उस समय प्रचलित थी, परन्तु आश्रम-व्यवस्था में ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम और वानप्रस्थाश्रम सर्वसामान्य थे, किन्तु संन्यासाश्रम का उल्लेख कम ही है। फिर भी यह मानने के लिए पूरे कारण हैं कि उस समय संन्यासाश्रम की प्रथा भी अस्तित्व में

थी। मनुष्य के व्यक्तिगत जीवन में चारित्र्यशुद्धि और प्रामाणिकता पर बहुत जोर दिया जाता था। तत्त्वज्ञान, धर्म और नीतिशास्त्र के अलावा धर्मनिरपेक्ष कई विज्ञान-ज्ञान की शाखाएँ जैसे कि व्याकरण, संगीत, नृत्य, शिल्पविद्या, खगोलविद्या, ज्योतिर्विद्या, भूतविद्या, सुगन्धीपदार्थ बनाने की विद्या और ऐसी कई विद्याशाखाएँ भी उस समय में विकसित थीं।

वैदिक यज्ञयागादि क्रियाएँ सर्वसाधारण रूप से उस समय हुआ करती थीं। इन यज्ञक्रियाओं में राजा लोग बड़ी धूमधाम से उत्सव मनाया करते थे। वे यज्ञ एक ओर तो राजाओं की कीर्ति को एवं उदरता को चारों ओर फैलने का अवसर उत्पन्न करते थे, तो दूसरी ओर विद्वानों को उनके ज्ञान को प्रदर्शित करने का और नाम-कीर्ति तथा कुछ धन की प्राप्ति का अवसर भी देते थे।

सामान्यरूप से उस समय के लोग सन्तोषी जान पड़ते हैं। शुद्ध प्रामाणिक रूप से जो कुछ मिलता था, उससे आनन्द लेते थे। वे मानते थे कि जीवन में जो शोक या दुःख होता है, वह व्यक्ति के पूर्वजन्म के कर्मों का ही फल है। अपने जीवन के दुर्भाग्य, दुःख या शोक के लिए वे दूसरों को जिम्मेदार नहीं ठहराते थे।

उपनिषदों की भाषा-शैली

इन उपनिषदों की भाषा लगभग वैदिक संस्कृत है। हमारी आज की प्रशिष्ट संस्कृत भाषा इन प्राचीन उपनिषदों की नहीं है। इसलिए आज वह कालग्रस्त ही है, शब्दरूप और क्रियाओं का रूप भी ऐसा ही है। इस औपनिषदिक भाषा में वाक्प्रचार-मुहावरे आदि तथा प्रतीकात्मक प्रयोग भी वैदिक भाषा के ही हैं। इससे उन कालग्रस्त मुहावरों या प्रतीकों को आज सुलझाना कठिन-सा हो गया है। इसीलिए आज के पाठक को उपनिषदों में बहुत-सा धुँधलापन या अस्पष्टता दिखाई देना स्वाभाविक है।

उपनिषदों के मन्त्र या कण्डिकाएँ विश्वतोमुखी हैं। इससे एक ही मंत्र से परस्पर-विरोधी अर्थ भी कहीं-कहीं किसी-किसी ने ढूँढ़ निकाले हैं और पश्चाद्वर्ती काल में वेदान्त की जो विविध शाखाएँ विकसित हुई हैं, उनका कारण भी यही है। उपनिषदों के सभी व्याख्याकारों को अपने-अपने विचारों के परिपोषक प्रमाण उपनिषदों में मिल ही गए हैं। इसका प्रसिद्ध उदाहरण—"यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम्" (मुण्डक 3.2.3) जैसे अन्य मंत्र भी हैं।

उपनिषद् साहित्य का एक आकर्षक तत्त्व उसमें दिए हुए उदाहरण और उसमें आयी हुई उपमाएँ हैं। जीवात्मा और परमात्मा का स्वरूप बताती हुई उपनिषद् कहती है—"द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते। तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति॥" यह मंत्र कठ (1.3.1) में, श्वेताश्वतर (4.6) में और मुण्डक (3.1.1) में—इस प्रकार तीन बार आया है। इसका अर्थ यह है कि "एक ही वृक्ष पर सुन्दर पंखवाले दो पक्षी (जीवात्मा) बैठे हैं। एक पक्षी वृक्ष के खट्टे-मीठे फल खाता है और दूसरा पक्षी (परमात्मा) न खाते हुए साक्षी भाव से देखता रहता है।" आत्मा के ध्यान के सम्बन्ध में मुण्डक-उपनिषद् में धनुष और बाण की सुन्दर उपमा दी गई है, तो कठोपनिषद् में इस विश्व की ऊर्ध्वमूल और अवाक्शाखी अश्वत्थ से समानता दिखाई गई है। ब्रह्म से विश्व की उत्पत्ति समझाने के लिए मुण्डकोपनिषद् में मकड़ी के मुँह से निकले हुए जाल और हमारे शरीर में उगते हुए रोम-बाल आदि का उदाहरण दिया गया है। कठोपनिषद् में मानव-शरीर की समानता ग्यारह द्वारवाले नगर से की गई है (5.1)। ईशावास्योपनिषद् में सूर्य के गोले की सत्यरूप परमात्मा को

आवृत करनेवाले सोने के पात्र के साथ समानता दिखाई गई है (15), कठोपनिषद् में शरीर की रथ के साथ, इन्द्रियों की घोड़ों के साथ, मन की लगाम के साथ, बुद्धि की सारथि के साथ और आत्मा की रथ के स्वामी के साथ उपमा दी गई है (3.3.4)। मुण्डक ने भी ब्रह्म से विश्व की उत्पत्ति के विषय में पूर्वोक्त मकड़ी के जाल के साथ-साथ शरीर में उगते हुए रोम-बालों और औषधियों के उगने का उदाहरण प्रस्तुत किया है (1.1.7)। मुण्डकोपनिषद् ने वैदिक यज्ञों की अदृढ (टूटी हुई) नौकाओं से तुलना करके उन्हें मुक्ति देने में असफल बताया है (1.2.7)। उसी उपनिषद् में आत्मा का ब्रह्म के साथ सायुज्य को समझाने के लिए नदियों और सागर का उदाहरण दिया गया है। जैसे बहती हुई नदियाँ सागर से मिलकर अपना अस्तित्व खो देती हैं, वैसे जीव भी ब्रह्म से मिलकर अपना जीवत्व खो देता है (3.2.8)। बृहदारण्यक उपनिषद् में तो उपमाओं की भरमार ही है। उसमें कहा है कि—'जैसे आर्द्र ईंधन को जलाने से धुआँ पैदा होता है, वैसे ही ब्रह्म से वेद निकल पड़े।' (2.4.10), और भी 'जैसे चक्र की नाभि में अरे जड़े हुए होते हैं, ठीक उसी प्रकार सभी प्राणी भी परमात्मा के आधार पर ही हैं।' (2.5.15)। हमारा आत्मा जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति में आया-जाया करता है, इसे समझाने के लिए उपनिषद् ने सरोवर में एक किनारे से दूसरे किनारे तक तैरती हुई मछली का उदाहरण दिया है (4.3.18)। जब कोई मरता है तो वह बाद का सूक्ष्म शरीर कैसे पकड़ता है ? इसका उदाहरण देते हुए उपनिषद् कहती है कि—'जैसे घास का कीड़ा एक पत्ते से नजदीक के पत्ते को आसानी से पकड़ लेता है, वैसे ही मरता हुआ आदमी पहले को बिना छोड़े ही बाद के सूक्ष्म शरीर को पकड़ लेता है' (4-4-3)। मुक्त आदमी के शरीर-त्याग की प्रक्रिया को साँप की त्वचा-त्याग के साथ तुलना करके बताया गया है। सामान्य मर्त्य आदमी के शरीर-त्याग को टूटे-फूटे और बोझिल वाहन की यात्रा को दयाजनक स्थिति के समान बताया गया है (4.3.35)।

उपनिषदों में कथाएँ

सामान्यतया उपनिषदें तत्त्वज्ञान की बोधक हैं, फिर भी अपने तत्त्वज्ञान के अनुषंग में कुछ रमणीय और प्रेरक कथाएँ भी उपकारक ढंग से कहती रहती हैं। केन उपनिषद् में कहा गया है कि—स्वर्ग के देवलोग इन्द्र के नेतृत्व में किस तरह यक्षरूपधारी ब्रह्म के द्वारा उपदिष्ट हुए थे (3.1.11)। कठोपनिषद् का बहुत अंश तो यमराज और नचिकेता की कथा से ही भरा है। छान्दोग्योपनिषद् में भी अनेक कथाएँ वर्णित हैं—श्वानों का उद्गीथगान (1.12), रैक्व से जानश्रुति का उपदेश ग्रहण करना (4.1.3), सत्यकाम जाबाल के ज्ञानप्राप्ति के लिए हरिद्रुमत के पास गमन की कथा (4-4-9), सत्यकाम और उपकोसल की कथा (4.10-15), गर्विष्ठ श्वेतकेतु और उसके नम्र पिता गौतम और राजा प्रवाहण जैवलि की कथा (5.3-10), सनत्कुमार का नारद को उपदेश (7.1-26), आत्मज्ञान के लिए इन्द्र और विरोचन का प्रजापति के प्रति गमन (8.7-12) आदि।

बृहदारण्यकोपनिषद् में भी कथाओं की कमी नहीं है। इसमें भी देव-दानवों का एक-दूसरे को हराने के लिए संघर्ष, (1.3), गर्विष्ठ बालाकि और अजातशत्रु की कथा (2.1), ब्रह्मवादिनी मैत्रेयी और याज्ञवल्क्य की रसप्रद सुप्रसिद्ध कथा (2.4 और 4.5), राजा जनक और याज्ञवल्क्य (अध्याय 3 और 4) आदि हैं।

ये कथाएँ बड़ी रोचक, प्रेरक और विषयपोषक होने से उपनिषदों को पढ़ते समय तत्त्वज्ञान का मानसिक बोझ हल्का-सा कर देती हैं।

उपनिषदों के चिन्तक

उपनिषदों का अवलोकन करने से ऐसा मालूम होता है कि तत्त्वविद्या के सम्बन्ध में प्रथम चिन्तन आधिभौतिक दृष्टि से हुआ था। इसके बाद आधिदैविक और बाद में आध्यात्मिक दृष्टिकोण से तत्त्व-चिन्तन होने लगा था।

अधिभूत दृष्टिबिन्दु में जगत् के अधिकरण के अनेक नाम दिए जाते थे। असत् (अव्यक्त), सत्, सत्य, ऋत, अक्षर आदि नाम हैं, पर अन्त में ब्रह्मतत्त्व नाम में उन नामों का पर्यवसान हुआ। उस ब्रह्म की विश्वालीन - विश्वोत्तीर्ण सत्ता को 'परब्रह्म' कहा गया और उसकी विश्वान्तर्गत - विश्वमय सत्ता को 'अपरब्रह्म' नाम दिया गया गया।

ये सब अधिभूत चिन्तक ब्रह्म की परत्व सत्ता की अपेक्षा उसके अपर अस्तित्व पर ज्यादा जोर देते थे। क्योंकि जहाँ तक उपासना का सम्बन्ध है—'परब्रह्म' की अपेक्षा 'अपरब्रह्म' ही अधिकांश रूप में उपास्य हो सकता है। उपनिषदों के इन अधिभूत चिन्तकों में शाण्डिल्य और श्वेतकेतु के पिता उद्दालक आरुणि अपने कुछ मौलिक विचार बताते हैं। शाण्डिल्य की तो एक अपनी विद्या – उपासना-पद्धति ही छान्दोग्योपनिषद् में दी गई है। विश्व की ब्रह्ममयता समझाने के लिए 'तज्जलान्' रूप रहस्यमंत्र की उपासना उन्होंने बताई है। तज्ज = उसमें से जन्मता है, तल्ल = उसमें लय होता है। और तदन् = उससे जीता है—इन तीनों का समन्वय ही ब्रह्म है।

और भी—अधिभूत दृष्टिकोण से कहा गया है कि—"यह पुरुष यज्ञमय - कर्ममय है। इस लोक में पुरुष जैसे यज्ञवाला (कर्मवाला) होता है, मरण के बाद ऐसा ही होता है। इसलिए पुरुष को कर्मनिष्ठ होना चाहिए। स्वरूप से यह पुरुष मनोमय प्राणरूप शरीरवाला, ज्योतिरूप, सत्यसंकल्प, आकाशात्मा, सर्वकर्मकर्ता, कार्यसिद्धिकर्ता, सर्वगन्ध, सर्वरस है।" संक्षेप में तात्पर्य यह है कि यह पुरुष बाह्य जगत् में ही प्रविष्ट है। ऋषि और आगे कहते हैं कि—"वह अक्षुब्ध है, इन्द्रियातीत है, वह मेरा आत्मा हृदयस्थ भी है। वह यव आदि अन्न के दाने से भी छोटा है, और साथ ही साथ पृथ्वी और आकाश से बड़ा भी है। स्वर्गादि सभी लोकों से बड़ा है। सर्वकर्मा, सर्वकाम, सर्वगन्ध, सर्वरस—संक्षेप में जो समस्त विश्वरूप आत्मा है, वही हृदयस्थ अक्षुब्ध, वागादिशून्य है और वही ब्रह्म है। 'इस देह को छोड़ने के बाद मैं ब्रह्मरूप होऊँगा'—जिसे यह निश्चय हुआ है, वह सत्यनिष्ठ है और उसे कोई शंका नहीं होती है।"

शाण्डिल्य के उपर्युक्त अवतरण से यह स्पष्टरूप से समझ में आ जाता है कि वे जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय के कारण को ही ब्रह्मरूप में मानते हैं। यह अधिभूत दृष्टिकोण है। शाण्डिल्य और अन्य उद्दालक आदि द्रष्टा महर्षि इसी अधिभूत दृष्टिकोण से चिन्तन करनेवालों में हैं।

उपर्युक्त कथन से यह स्पष्ट है कि श्वेतकेतु के पिता उद्दालक आरुणि इसी कोटि के चिन्तक थे। उन्होंने उपदेश के प्रारंभ में ही अपने पुत्र श्वेतकेतु को ऐसा समझाया था कि एक ही सद्रूप अद्वितीय ब्रह्म जगत्कारण है। उसने जगदाकार होने की कामना की और क्रमशः यह जगत् उत्पन्न हुआ। उस तेज (जल) पृथ्वी रूप जगत् में मूल सत् तत्त्व जीवरूप से प्रविष्ट हुआ और इस प्रकार क्रमशः सृष्टि निर्माण का विस्तार से वर्णन किया है।

आरुणि उद्दालक की बताई हुई इस लम्बी-चौड़ी सृष्टि-प्रक्रिया में भी ब्रह्मतत्त्व से आविर्भूत स्थावर-जंगम सभी पदार्थों का निर्देश करके पिण्डस्थ आत्मा को ब्रह्माण्ड के आत्मा के साथ अभिन्न बताया गया है।

इस प्रकार शाण्डिल्य और आरुणि—दोनों द्रष्टाओं के चिन्तन का प्रारंभ अधिभूत दृष्टिकोण से ही हुआ है, अर्थात् बाह्य जगत् के अवलोकन से ही उनके चिन्तन का उदय हुआ है। और बाद में वह अध्यात्म में परिणत (पर्यवसित) होता है। इस दृष्टिकोण में सृष्टि की स्वीकार्यता है, उसी से दृष्टि का उदय हुआ है। अधिभूत सृष्टि के समूह को 'विराट्' नाम दिया गया है।

उपनिषदों के कुछ चिन्तकों के चिन्तन का प्रारंभ देवता से होता है। उन्हें अधिभौतिक चिन्तक कहा जाता है। यह औपनिषदिक चिन्तन का दूसरा प्रकार है। श्रौत वाङ्मय में देवता शब्द का अर्थ मन, बुद्धि, प्राण तथा उसका समस्त विस्तार—ऐसा होता है। सभी इन्द्रियरूप देवों का समूह स्थूल शरीर का चालक है और उन इन्द्रियों की उपकारक सामग्री ब्रह्माण्ड से उस-उस इन्द्रिय के प्रेरक तत्त्व से मिलती है। ये प्रेरक तत्त्व भी देवता कहे जाते हैं। जैसे याज्ञवल्क्य काण्ड में प्राण ब्रह्मवादी के दृष्टिकोण से पहले तैंतीस देवताओं की कल्पना थी, फिर मुनि याज्ञवल्क्य ने उन तैंतीस का छः में अन्तर्भाव किया, फिर छः का तीन में और तीन का दो में तथा दो का एक ही मुख्य प्राणदेवता में अन्तर्भाव कर दिया है। यह मूल प्राणदेवता, मुख्य और गौण—इन दो रूपों में माना गया है। गौण प्राण इन्द्रियों को कहा जाता है और मुख्य प्राण संजीवनी शक्ति है। वही मुख्य प्राणरूप संजीवनी शक्ति गौणप्राण नामक इन्द्रियों को टिकाए रखती है। यह ठीक है कि श्वास-प्रश्वास मुख्य प्राण को अभिव्यक्त करनेवाली क्रिया है, परन्तु वास्तविक प्राण तो क्रियाप्रेरक एक स्वतंत्र तत्त्व ही है। गौणप्राणरूप इन्द्रियाँ पापों से आहत हो सकती हैं, पर मुख्य प्राण पाप से अस्पृष्ट ही रहता है। गौण प्राणों को 'रुद्र' कहा गया है। ये रुद्र ग्यारह हैं। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ और एक अंतःकरण मिलकर ये ग्यारह रुद्र हैं। ये ग्यारह गौण प्राण अथवा रुद्र शुभाशुभ कर्मों के संपर्क में आकर स्वयं शुभाशुभ बनते हैं, पर मुख्य प्राण दोनों से परे रहता है। इसीलिए अधिदैव चिन्तक उसे 'सूत्रात्मा' ऐसा नाम देकर प्रशस्त करते हैं।

उपनिषदों में इस प्रकार का अधिदैव चिन्तन हमें प्रश्नोपनिषद् में पिप्लाद मुनि के छः शिष्यों को दिए गए उत्तरों में मिलता है और अपने को विद्वान् मानने वाले शाकल्य के याज्ञवल्क्य के साथ किए गए विवाद में भी मिलता है।

ये अधिदैव चिन्तक स्थूल सृष्टि के जीवनदायक प्राणब्रह्म के दो स्वरूपों को मानते हैं—एक पिण्ड है और दूसरा ब्रह्माण्ड। वे कहते हैं कि पिण्ड में हृदय और ब्रह्माण्ड में आदित्यमण्डल प्राण की विशेष कला के स्थान हैं। इन दो स्थानों में प्राण विशेष ज्योतिरूप से जाग्रत् होता है और अन्य अधिभूत सृष्टि में वह सोया-सा रहता है। परन्तु है तो वह अणु-अणु में व्याप्त ही। इसलिए बाद में उसको 'हिरण्यगर्भ' ऐसा नाम दिया गया। उपनिषदों का पूरा उपासना काण्ड जो अनेक विद्याओं के नाम से प्रसिद्ध हुआ है, वह इस अधिदैव चिन्तन प्रकार के साथ ही सम्बन्ध रखता है।

परन्तु, उपनिषदों के चिन्तक इन आधिभौतिक और आधिदैविक चिन्तन से भी आगे जाकर अन्त में आध्यात्मिक चिन्तन में अपने चिन्तन की चरम सीमा देखने लगे थे और अन्त में ही उस चिन्तन की परिसमाप्ति हुई है, ऐसा लगता है। इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि उनकी बताई भूतसृष्टि (अधिभूत) और प्राणसृष्टि (अधिदेव) में चिन्तन है ही नहीं। अवश्य ही उन दोनों प्रकार में चिन्तन है। इतना ही नहीं, भावि दर्शनशास्त्रों के बीज भी उन दृष्टिकोणों में निहित हैं। तथापि उपनिषदों के चिन्तन की पराकाष्ठा तो आध्यात्मिक ही है।

अधिभूतवादियों का ब्रह्म विराट् विश्वशरीर में व्यापक है और अधिदेववादी का ब्रह्म भूतसृष्टि का चालक प्राणसृष्टि में सूत्रात्मा या हिरण्यगर्भ है। पर अध्यात्मवादी के अनुसार ये दोनों विकारी और छायारूप ही हैं। इन दोनों को यदि सत्य माना जाय तो उन दोनों के परे जो अविकारी है उसे 'सत्यस्य सत्यम्' ही कहना चाहिए और उसे ही अध्यात्मवादी पारमार्थिक सत्य मानते हैं। मूर्तामूर्तरूप अपर ब्रह्म से भी ऊपर 'परब्रह्म' ही अध्यात्मवाद का परमार्थ सत् तत्त्व है, और यह असीम (अनन्त) है, सीमित नहीं। 'योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽहम्' ऐसा स्पष्ट रूप से ही अध्यात्मवादी के लिए कहा गया है।

अध्यात्म चिन्तक के मत में भूतात्मदर्शी तो शोचनीय और कृपण ही है, प्राणात्मदर्शी (अधिदेवचिन्तक) थोड़ा बुद्धिमान है और इसलिए पारलौकिक सुख भोग लेता है, पर ब्रह्मात्मवादी तो यहाँ जीते जी ब्रह्मभाव भोगता है। इसी परमतत्त्व की खोज करना उपनिषदों के चिन्तन का अन्तिम लक्ष्य है।

इस चिन्तन के उच्चतम आसन पर आरूढ होने वाले परम ऋषि द्रष्टा याज्ञवल्क्य हैं। बृहदारण्यकोपनिषद् में शाकल्य के सभी प्रश्नों का उत्तर देने के बाद जब याज्ञवल्क्य ने शाकल्य से उपनिषद्गम्य पुरुष के बारे में पूछा तब शाकल्य मौन रह गया। उपनिषद् की भाषा में वह मरण को प्राप्त हो गया। तब अन्त में याज्ञवल्क्य मर्म वचन कहते हैं—"यह पुरुष महावृक्ष-सा है, पत्ते उसके लोम हैं, छिलका उसकी त्वचा है, छिलके के छिद्र से जैसे रस झरता है, वैसे पुरुष की त्वचा के मेद से लहू निकलता है। वृक्ष की ग्रन्थियों जैसी पुरुष की मांसपेशियाँ होती हैं, वृक्ष की लकड़ी में दिखाई देने वाली शिराएँ जैसे पुरुष के स्नायु हैं। वृक्ष के कठिन भाग जैसी पुरुष की हड्डियाँ, वृक्ष के आते-जाते, उगते-झरते पत्तों की तरह ही पुरुष के जन्मते-नष्ट होते रहते अणु हैं। यह पुरुष वीर्य से जन्मता है—यह कहना नहीं चाहिए। ....जन्म के बाद कैसे यह जन्मेगा ? ....पुरुष का मूल तो चिन्मय और आनन्दमय है। वह ब्रह्म है.... वह स्वयं जीता है और अन्य को जिलाता है।"

इन्हीं तीन चिन्तनधाराओं में भारत के भावि दार्शनिक विकास की अर्थात् दर्शनशास्त्रों की नींव पड़ी हुई है।

उपनिषत्कालीन चिन्तक अब तो केवल नामावशेष ही रहे हैं। आज तो हम केवल इतना ही जानते हैं कि अमुक विद्या (उपासना-पद्धति) के द्रष्टा अमुक मुनि या ऋषि थे। अधिभूत चिन्तकों में शाण्डिल्य, प्रवहण, जैवलि और उद्दालक आरुणि के नाम इतिहास-सागर के तीर पर आरूढ हैं। अधिदैव चिन्तकों में पिप्पलाद मुनि का मुख स्थान है। बालाकि और शाकल्य में पाण्डित्य तो दिखाई देता है, पर निष्ठा नहीं दीखती है। अध्यात्म चिन्तकों में याज्ञवल्क्य मुनि शीर्षस्थानीय हैं। हमारे विचार से आदि शंकराचार्य से पहले यदि कोई भी अध्यात्मविद्या में स्वतंत्र श्रौत चिन्तक हुआ है, तो वह केवल योगीश्वर याज्ञवल्क्य ही हैं। उनका विचार-स्वातंत्र्य, उनका अद्भुत मनःसंयम, उनकी निरीक्षण-शक्ति, उनका परिपक्व अनुभव—ये सब उन्हें सभी उपनिषद् विचारकों में सूर्य का स्थान देते हैं। तदुपरान्त अन्य ऋषियों में अंगिरा, भृगु, गार्गी, घोर आंगिरस, हरिद्रुमत, महीदास, ऐतरेय, नारद, रैक्व, सनत्कुमार, सत्यकाम जाबाल, वामदेव, वरुण आदि के नाम लिए जा सकते हैं।

यह ठीक है कि उपनिषद् के ऋषियों में हम गौतम, आरुणि, प्रजापति, प्रवहण, यम आदि को श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में, श्वेतकेतु आदि को श्रेष्ठ अनुशासक रूप में और अन्यान्यों को अपनी-अपनी

विशिष्टताएँ रखते हुए पाते हैं, पर सम्पूर्ण उपनिषत्साहित्य में सर्वोत्तम और सार्वत्रिक चिन्तन प्रदान करने का श्रेय तो याज्ञवल्क्य ऋषि को ही जाता है। उनका योगदान इतना महत्त्वपूर्ण है कि आज भी विश्व के तत्त्व-चिन्तकों के लिए भी उसका स्मरण रखना अनिवार्य है। महामुनि याज्ञवल्क्य के विषय में यहाँ कुछ विशेष प्रकाश डालना अनुचित नहीं होगा।

याज्ञवल्क्य के सन्दर्भ में ज्ञातव्य

मिथिला प्रदेश का देवरात नामक ब्राह्मण बड़ा ही अन्नदान करनेवाला था, इसलिए वह 'वाजसनि' (बहुत अन्न देनेवाला) के नाम से विख्यात हुआ। अनेक यज्ञ करने के बाद उसे एक पुत्र हुआ इसलिए उसका नाम 'याज्ञवल्क्य' रखा गया। उपवीत के बाद याज्ञवल्क्य ने वाष्कल से ऋग्वेद सीखा, यजुर्वेद अपने मामा वैशम्पायन से, सामवेद जैमिनि से और अथर्ववेद आरुणि से सीखा। याज्ञवल्क्य बचपन से ही निर्भय और स्पष्टवक्ता थे। उन्होंने अपने मामा और गुरु वैशम्पायन के हाथ से अनजाने में हुई हिंसा का प्रायश्चित्त-विधान निर्भयता पूर्वक सम्पन्न किया। जिससे गुरु ने क्रुद्ध होकर उन्हें अध्ययन से निकाल दिया। बाद में उन्होंने हिमालय में सूर्योपासना की। उसके प्रभाव से उन्होंने यजुर्वेद की स्वतंत्र शाखा की स्थापना की। वही शाखा यजुर्वेद की वाजसनेयि शाखा है। इस शाखा में मंत्र-भाग और ब्राह्मण-भाग अलग-अलग होने से उसे शुक्लयजुर्वेद कहा गया और प्राचीन यजुर्वेद में दोनों मिश्रित होने से उसे 'कृष्णयजुर्वेद' कहा गया। जैसे तीतर पक्षी के पंख मिश्रित होते हैं, वैसे ही यहाँ दोनों का मिश्रिण होने से इस शाखा का नाम तैत्तिरीय पड़ा—ऐसा कहा जाता है। बाकी तीतर पक्षीवाली बात तो केवल अतिशयोक्ति ही है।

याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ (मैत्रेयी और कात्यायनी) थीं। मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी और कात्यायनी व्यवहारकुशल थी। याज्ञवल्क्य प्रणीत शुक्लयजुर्वेद से ही बृहदारण्यकोपनिषद् सम्बद्ध है। इस उपनिषद् जैसी गंभीर दूसरी कोई भी उपनिषद् नहीं है।

याज्ञवल्क्य वेद के ब्राह्मण-ग्रन्थ के निर्माता, याज्ञवल्क्यशिक्षा, प्रतिसूत्र, योगसूत्र (अलभ्य), याज्ञवल्क्यस्मृति आदि ग्रन्थों के प्रणेता परम्परा से माने गए हैं। इसकी प्रमाणभूतता के आगे अभी प्रश्नार्थ ही है।

ये याज्ञवल्क्य जनक से सम्बद्ध होने से राम के समकालीन माने जाते थे। परन्तु रा.बा.पी.बी. जोशी का मत है कि वे युधिष्ठिर के समकालीन थे। वे कहते हैं कि धर्मसूत्रकार मनु वसिष्ठ के बाद हुए। क्योंकि वसिष्ठ के धर्मसूत्रों से मनु ने अवतरण लिए हैं। याज्ञवल्क्य मनु के बाद हुए। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में याज्ञवल्क्य अध्वर्यु थे। याज्ञवल्क्य से सम्बद्ध जनक सीता के पिता नहीं अपितु वे दूसरे थे। जोशीजी ने अन्य कई प्रमाण दिए हैं पर यहाँ वह अप्रासंगिक होने से नहीं दिए जा रहे हैं।

कुछ भी हो, उपनिषदों में याज्ञवल्क्य का योगदान अद्भुत ही है। उपनिषदों में से, विशेषकर बृहदारण्यक उपनिषद् से याज्ञवल्क्य के स्वतंत्र विचार आसानी से चुने जा सकते हैं, क्योंकि ये विचार बृहदारण्यक उपनिषद् में उन्होंने अपनी वाणी से स्वयं कहे हैं।

याज्ञवल्क्य से पहले तो जगत् के कारण-सम्बन्धी निर्णय या तो अधिभूत दृष्टि से या अधिदैव दृष्टि से ही किए गए थे इसलिए ब्रह्मतत्त्व को या तो जगत् के कारण के रूप में, अथवा विश्व के नियन्ता ईश्वर के रूप में निरूपित किया जाता था। परन्तु 'वह विश्वकारण और विश्वनियंता भी सबका

आत्मा ही है, और कोई पृथक् पदार्थ नहीं है'—ऐसा स्वतंत्र निश्चय तर्क के द्वारा जैसा याज्ञवल्क्य ने किया है, वैसा निश्चय उपनिषदों के किसी भी ऋषि ने नहीं किया। आइए याज्ञवल्क्य की ही कुछ वाणी सुन लें—

"यह लोकप्रसिद्ध आत्मा ही ब्रह्म है। वह आत्मा विज्ञान की उपाधि से 'विज्ञानमय', मन की उपाधि से 'मनोमय', चक्षु की उपाधि से 'चक्षुष्मय', श्रोत्र की उपाधि से 'श्रोत्रमय', पृथ्वी की उपाधि से 'पृथ्वीमय', जल की उपाधि से 'जलमय', वायु की उपाधि से 'वायुमय', तेज की उपाधि से 'तेजोमय', आकाश की उपाधि से 'आकाशमय', काम की उपाधि से 'काममय', वैराग्य की उपाधि से 'अकाममय', क्रोध की उपाधि से 'क्रोधमय', शान्ति की उपाधि से 'शान्त', धर्म की उपाधि से 'धर्ममय', अधर्म की उपाधि से 'अधर्ममय'—संक्षेप में जिस-जिस उपाधि से वह जुड़ा हुआ होता है, उस-उस उपाधिमय वह देखा जाता है। आत्मा स्वेच्छाचारी है और वही आत्मा सदाचारी भी है। वही एक आत्मा पापकर्मों से पापी और पुण्यकर्मों से पुण्यवान माना जाता है। विद्वान् कहते हैं कि जैसा जिसका काम या संकल्प होता है, वैसा ही उसका आत्मा होता है।····· जैसे उसके कर्म वैसी उसकी गति होती है।····· वह कर्मसंस्कारानुसार फल भोगता है। कर्मफल क्षीण होते ही वह मर्त्यलोक में लौट आता है।····· जिसकी कामना आत्मा के सिवा किसी अन्य पदार्थ में नहीं है वह 'आप्तकाम है।····· आप्तकाम लोकान्तर में रति नहीं करता····· इसी लोक में वह ब्रह्मरूप हो जाता है।" आदि-आदि।

याज्ञवल्क्य के मतानुसार कामनावाला पुरुष ही संसारी जीव है और कामनारहित असंसारी और वही मुक्तब्रह्म है।

याज्ञवल्क्य इस विशुद्ध असंसारी ब्रह्मात्मा को स्वत: आनन्दस्वरूप मानते हैं। उसी के सम्बन्ध से स्त्री, पुत्र, शरीर आदि प्रिय लगते हैं। 'आत्मा स्वत: प्रियरूप है'—यह निश्चय ही बड़े महत्त्व का है, और यह याज्ञवल्क्य का ही अपना मौलिक निश्चय है। यह ज्ञान उन्होंने अपनी पत्नी मैत्रेयी को दिया है। आत्मा की स्वयंज्योतिर्मयता और विज्ञानघनता का निर्णय भी याज्ञवल्क्य का अपना मौलिक ही है।

संक्षेप में—(1) जगत्कारण और जगन्नियन्ता ब्रह्म और कुछ नहीं, अपनी आत्मा ही है। (2) वही आत्मा स्वत: आनन्दरूप है और (3) वही विज्ञानघन और स्वप्रकाश है—याज्ञवल्क्य के ये विचार ही उपनिषदों को प्रदत्त है।

उपनिषदों में व्यावहारिक जीवन के मूल्य

उपनिषदों का चरम लक्ष्य जीव के साथ ब्रह्म का ऐक्य-तादात्म्य ही है, अद्वैत ही है; फिर भी द्वैतमूलक व्यावहारिक सत्ता का उपनिषदों ने कभी निरादर नहीं किया अपितु द्वैतमूलक जगत् की सापेक्ष सत्ता को उपनिषदों ने सर्वदा स्वीकार किया है। जगत् की सत्ता सापेक्ष है, परिवर्तनशील है—बस इतना ही उन्होंने बताया है। साधारणतया सर्वानुभूत द्वैत में से अद्वैत की ओर जाने के लिए भी पहले द्वैतमूलक उपासनाओं (विद्याओं) का अनुष्ठान करना पड़ता है। और उन्हीं की सफलता के लिए प्रथम सोपान जीवन के कुछ व्यावहारिक मूल्य हैं। उनके आचरण के बिना आगे उन्नति नहीं की जा सकती।

उपनिषदों में ऐसे मूल्य ज्यादातर आनुषंगिक रूप में हैं। ईश्वर की ओर सहज मनोगति बताते हुए उपनिषद् कहती है—"हे प्रभु, मैं शुद्ध होऊँ।" "जैसे पक्षी शाम को अपने नीड़ की ओर जाते

हैं, वैसे मैं तुम्हारे पास आऊँ", "मैं तुझमें प्रविष्ट हो जाऊँ", आदि वाक्य तथा उपनिषदों के विविध शान्तिपाठों के सभी मन्त्र ऐसे जीवनमूल्यों को स्पष्ट रूप से बताते हैं।

परा-अपरा विद्या, संभूति-विनाश की उभयोपासना, अभ्युदय और नि:श्रेयस्—दोनों का स्वीकार इत्यादि के द्वारा द्वैत का स्वीकार भी सप्रयोजन रूप से किया गया है। द्वैत-अद्वैत कोई अन्धकार-प्रकाश जैसे प्रतियोगी शब्द नहीं हैं। यदि ऐसा होता तो जहाँ जगत् है वहाँ ब्रह्म नहीं होता और जहाँ ब्रह्म है वहाँ जगत् नहीं होता; यदि ऐसा मान लें तो भी ब्रह्म की सर्वव्यापकता बाधित होती। इस समस्या के निवारण के लिए ही तो कठोपनिषद् में 'ऊर्ध्वमूल' और 'अवाक्शाख' अश्वत्थ को जगत् का रूप दिया गया है। उपनिषदों में बताई गई सभी विद्याएँ-उपासनाएँ भी द्वैतमूलक ही हैं, अन्यथा वे व्यर्थ ही हो जातीं।

हमारे उपनिषदों के चिन्तक यह मानते आए हैं कि जिन सत्यों का हमें आन्तरिक अनुभव होता हो, उनकी छाया (उनका प्रतिफलन), उनकी अभिव्यक्ति किसी-न-किसी प्रकार से हमारे व्यावहारिक जीवन में होनी ही चाहिए। अन्यथा कोरा तत्त्वज्ञान या केवल आन्तरिक अनुभव का कोई मूल्य नहीं है। इसलिए आदर्श पुरुष का आचार उन औपनिषदिक अनुभूतिलब्ध सत्य की नींव पर ही खड़ा है। बृहदारण्यकोपनिषद् (5.3.1-3) में प्रजापति के माध्यम से देव, दानव और मनुष्यों को दिए गए उपदेश की आख्यायिका के द्वारा आत्मसंयम, दया और दान के जीवनमूल्यों का निर्देश किया गया है तो छान्दोग्योपनिषद् (3.17.4) में तपस्या, दान, आर्जव, अहिंसा, सत्यवचन आदि को आध्यात्मिक उन्नति का साधन बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद् (1.2.1-3) में स्नातक को गुरु ने समावर्तन के समय पर बड़ी ही मूल्यवान शिक्षाएँ दी हैं। यहाँ माता-पिता-गुरु के प्रति सम्मान और सेवाभाव की शिक्षा दी गई है। इनमें स्वाध्याय और धर्मपरायणता का बड़ा महत्त्व है। किसी भी काल में ये सभी शिक्षाएँ प्रस्तुत ही हैं, वे स्थायी हैं और वैश्विक भी। परन्तु इन सीखों में भी 'सत्यं वद' की शिक्षा सिरमौर है। छान्दोग्य (4.4.1-5) की जाबाल-सत्यकाम की कथा में और प्रश्नोपनिषद् की अनृतभाषण की निन्दा में तथा मुण्डकोपनिषद् में भी सत्यवचन के जीवनमूल्य को शीर्षस्थ माना गया है। बृहदारण्यकोपनिषद् (4.4.23) में शम, दम, उपरति, तितिक्षा तथा समाधान की भी जीवन-मूल्यों में गणना की गई है लेकिन वे ज्यादातर आध्यात्मिक साधक के लिए उपयोगी हैं और सामान्य व्यवहार में भी विवेकबुद्धि से उन मूल्यों का विनियोग करना चाहिए। ज्ञानसाधकों के लिए विवेक-वैराग्य के जीवन-मूल्य विशेष रूप में बतलाए गए हैं।

उपनिषदों का तर्कपूत और बुद्धिगम्य आकर्षक सिद्धान्त 'कर्मस्वातन्त्र्य' है। उपनिषदें कहती हैं कि हम ही अपने जीवन के निर्माता हैं। यह सिद्धान्त ही मनुष्य को मानवीय मूल्यों की ओर मूल्यलक्षी जीवन जीने की ओर अग्रसर कर देता है। बृहदारण्यकोपनिषद् ने स्पष्ट ही कह दिया है कि—"यह पुरुष काममय है। जैसी उसकी इच्छा होती है, वैसा उसका क्रतु (संकल्प) होता है, और जैसा संकल्प होता है, वैसा उसका कर्म होता है, और जैसा कर्म होता है, वैसा वह स्वयं होता है।" कौषीतकि ब्राह्मणोनिषद् (3.9) में किए गए स्वातंत्र्य निषेध छान्दोग्य में पुन: दिए हुए कर्म-स्वातन्त्र्य के आगे उपेक्षणीय ही मानना चाहिए। यहाँ मुक्तिकोपनिषद् का यह विधान आकर्षक है, चाहे वह बाद की ही कृति क्यों, न हो—

शुभाशुभाभ्यां मार्गाभ्यां वहन्ती वासनासरित्।
पौरुषेण प्रयत्नेन योजनीया शुभे पथि।
अशुभेषु समाविष्टं शुभेष्वेवावतारयेत्॥ (2.5-6)

अर्थात् "वासनारूपी नदी शुभ और अशुभ—ऐसे दो मार्गों में बह रही है। मनुष्य को अपने प्रयत्न द्वारा अशुभ में लगी वासना को शुभ की ओर ले जाना चाहिए।" कर्म-निष्पादन में आत्मस्वातंत्र्य का प्रतिपादन ही उपनिषद् के मानवीय जीवन का सारतत्त्व है। इससे कोरे दैववाद का उपनिषदों ने जोरदार खण्डन किया है।

ऊपर बताए गए जीवनमूल्य तो उपनिषदों के अन्त:साक्ष्य से स्पष्ट रूप से ही हम पा सकते हैं। परन्तु कुछ गर्भित जीवन-मूल्य भी हम उपनिषदों से पा सकते हैं। वे मूल्य कथा, प्रसंग, संवाद आदि से सूचित किए गए हैं तो उनकी ओर भी हम एक नजर डाल लें—

ऐसे मूल्यों में एक महत्त्वपूर्ण मूल्य भेद की दीवारों को तोड़ने का है। सत्यकाम जाबाल को गौतम ने विद्यार्थी के रूप में स्वीकार किया, तब उन्होंने न उसका वंश देखा, न गोत्र देखा पर केवल सच्चाईपूर्ण चारित्र्य ही देखा। वंशीयता, जातिभेद और ज्ञातिवाद से छिन्न-भिन्न समाज को इससे यह चुनौती मिलती है कि वह मनुष्य का मूल्य गीता के अनुसार उसके गुण और कर्म से ही आँके और जातिपाति के सामाजिक भेदों को तोड़ दे। वंशीयता के बदले गुण-कर्म देखे। संकुचितता छोड़कर, प्रेम, सहकार, सहानुभूति रखे।

दूसरे एक जीवनमूल्य की सूचना भी हम उसी कहानी से पाते हैं। गौतम ने सत्यकाम को गायें लेकर वन में भेजा, तब सत्यकाम ने ही जहाँ तक गायों की संख्या अधिक न हो जाय, वहाँ तक वनों में घूमने का निश्चय किया। तो सत्यकाम ने वन में रहकर क्या किया ? उसने प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित किया, वह प्रकृति के पशु-पक्षियों के मनोभाव और भाषा तक समझने लगा और प्रकृति के तत्त्वों ने ही उसे ज्ञान दिया।

आज के प्रकृति-विमुख, नगर-संस्कृति वाले, हिंसक और केवल स्वकेन्द्री मनुष्यों के लिए प्रकृति-प्रेम, ग्राम-संस्कृति की निर्दोषता और निर्दंशता, अहिंसा, प्राणी प्रेम, और परोपकार की शिक्षा इस कथा में वर्णित की गई है। सबको अपने-सा मानना इसका मूल्यबोध है।

ईशावास्योपनिषद् के दूसरे ही मंत्र में दो जीवनमूल्यों का निर्देश है। एक है—'जिजीविषेच्छतं समा:' अर्थात् सौ साल तक जीने की इच्छा करनी चाहिए। यह सूचित करता है कि मनुष्य को अपने जीवन के प्रति पूरा आदर होना चाहिए। इसमें स्वजीवन के आदर के साथ परजीवन के प्रति आदर भी उपलक्षित है। अपने और दूसरे के जीवन को कर्मठतापूर्ण और सुखी बनाने का संकेत इससे मिलता है। आत्महत्या और परहत्या की गर्हणीयता इससे सूचित होती है।

उसी उपनिषद् के पहले मंत्र में 'तेन त्यक्तेन भुंजीथा' में त्याग का जीवनमूल्य बताया गया है। अन्य की भलाई के लिए त्याग करने में भी एक विशेष प्रकार का आनंद है, तुष्टि है छोटे-से किए गए त्याग का कल्याणकारी फल मिलता है। अन्य के लिए किए जाने वाले त्याग में 'आत्मैक्य' की लाभकारी छाया पड़ती है। आत्मब्रह्मात्मैक्य का व्यावहारिक जीवन में वह प्रतिफलन है।

उपनिषद् कहती है—'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।' सत्तत्त्व के ज्ञान के अनेक मार्ग हैं, उनमें से किसी एक का पूर्वाग्रह रखना मनुष्य की अपूर्णता और अदूरदृष्टि का ही परिणाम है। पूर्वाग्रहों को छोड़कर सर्वधर्म-स्वीकार या सर्वधर्म-समभाव का जीवनमूल्य इस वाक्य से सूचित होता है।

हमारे उपनिषदों के द्रष्टाओं ने सत्य की खोज के लिए अपने जीवन तक की परवाह नहीं की। उपनिषदों में आत्मज्ञानी का मुख्य स्वरूप 'अभय' बताया गया है—'अभयं वै जनकं प्राप्तोऽसि' आदि

वाक्य मानवजीवन में अभय के मूल्य को दर्शाते हैं। स्वामी विवेकानन्द को सबसे उत्कृष्ट जीवनमूल्य यह 'अभय' उपनिषदों में दृष्टिगोचर हुआ।

उपनिषदों में उपासनाओं में प्राकृतिक जड़ दीखने वाले तत्त्वों में दैवी आरोपण करने के लिए कहा गया है, तो हम जीते-जागते-हिलते-डुलते हमारे ही जैसे चेतन मनुष्य में भला देव का (ईश्वर का) दर्शन क्यों न करें ? सर्वव्यापक ईश्वर मनुष्य में तो प्राय: प्रकाशित ही है। इसलिए प्रत्येक मानव में, प्रत्येक प्राणी में ईश्वर को देखने का प्रयत्न करना भी तो एक मानवीय मूल्य ही है।

उपनिषदों में बाद के दर्शनों के बीज

भारत में जो तत्त्वज्ञान का विकास हुआ है इसमें छ: आस्तिक दर्शनों के बीज तो उपनिषदों में पड़े ही हैं। नास्तिक माने जाने वाले जैन और बौद्ध दर्शनों में भी उपनिषदों का स्पष्ट प्रभाव मालूम होता है, क्योंकि उपनिषदों की तरह ही सभी भारतीय दर्शनों का केन्द्रबिन्दु धर्म है, सभी दर्शन जीवनलक्षी हैं, सभी दर्शनों का चरमलक्ष्य आत्यन्तिक मुक्ति है, युक्ति के साथ अनुभूति की प्रामाणिकता, आत्मानुसन्धान, साधनामार्ग और संयम, त्याग आदि हैं। फिर इनके लिए बाद में जन्मे दृष्टिकोण की विषमता के कारण ही अन्यान्य दर्शनों का स्वाभाविक रूप से ही निर्माण हुआ है। क्योंकि परिवर्तनशीलता और गत्यात्मकता जगत् का सहज धर्म है।

वेदान्त (उत्तरमीमांसा) की तो उपनिषदें प्राण ही हैं—'वेदान्तो नाम उपनिषत्प्रमाणं तदुपकारीणि शारीरकसूत्रादीनि च' (वेदान्तसार)। वेदान्त के प्रस्थानत्रय में प्रथम स्थान उपनिषदों का ही है। वेदान्त की सभी द्वैताद्वैत शाखाओं ने उपनिषदों का प्रधान प्रामाण्य स्वीकार किया है।

सांख्य और योगदर्शन के बीज भी उपनिषदों में पाये जाते हैं। सांख्यदर्शन द्वैतमूलक है। उसमें पुरुष और प्रकृति—ये दो तत्त्व मूल माने गए हैं। इनमें प्रकृति समग्र सृष्टि का मूल कारण है। (उत्पत्तिस्थान है) और पुरुष मूलत: अकर्ता - साक्षी ही है। सांख्य पुरुषों का अनेकत्व भी मानता है। उपनिषदें पुरुष का अनेकत्व नहीं मानतीं किन्तु विश्व में नींवरूप चैतन्यतत्त्व जो उपनिषदों में है, वही सांख्य में पुरुष का स्वरूप है, इसमें तो कोई विवाद नहीं है।

उपनिषदों में चैतन्य तत्त्व एक ही है। संभव है कि एकेश्वरवाद या सेश्वरवाद में उपनिषदों के बाद के चिन्तकों ने ऐसा गर्भित विचार खोज लिया हो कि परमात्मा से जीवात्मा का अस्तित्व अलग है। इस विचार से जीवों का अनेकत्व परिणत हो गया हो। परन्तु एक 'सर्वेश्वर' का मूलस्रोत तो उपनिषदें ही हैं। सांख्यदर्शन यदि भारतीय तत्त्वज्ञान का पिता समझा जाए तो उपनिषदों को भारतीय तत्त्वज्ञान का पितामह माना जाना चाहिए।

सांख्यदर्शन अपने ढंग से विकसित हुआ। फिर भी सांख्य दार्शनिक इतना तो समझते ही थे कि परमात्मा और जीवात्मा के अलग अस्तित्व और स्वातंत्र्य को किसी तर्क की कसौटी पर सिद्ध करना अत्यन्त कठिन है। दोनों में से कोई एक तत्त्व अन्य की उपेक्षा कर सकता है। चैतन्य तत्त्व के दो स्वरूप - दो लक्षण तो तर्कपूत नहीं कहे जा सकते। इसलिए दो रूपों में से अर्थात् जीव और ईश्वर में से या तो जीव को निकाल दीजिए या तो ईश्वर को निकाल दीजिए। जब सांख्यदर्शन ने प्रकृति को ही जगत् का उपादानकारण माना। तब उनकी दृष्टि में ईश्वर निरर्थक और निरुपयोगी हो गया। इस विचार में ईश्वरविहीन अकेली जड़ प्रकृति को ही सर्जन के सभी कार्य सौंप दिए गए। यह बात उपनिषदों की विचार-परम्परा से मेल नहीं खाती है। उपनिषदों ने इस बात का घोर विरोध किया।

उपनिषदों की यह स्पष्ट उद्घोषणा है कि 'एकमेवाद्वितीयम्' अर्थात् ब्रह्म एक और अद्वितीय है। उपनिषदें इसी अद्वैत की धरती पर ज्ञाता-ज्ञेय या द्रष्टा-दृश्य की मायिक लीला की उत्पत्ति मानती हैं। यहाँ दो तत्त्व हैं ही नहीं। ऐतरेय (1.1.2), बृहदारण्यक (1.4.3), छान्दोग्य (6.2.6), तैत्तिरीय (2.1) आदि उपनिषदें ढोल पीटकर यह बात कह रही हैं।

बाद के विज्ञानभिक्षु आदि ने सांख्यदर्शन के सूत्र 'ईश्वरासिद्धेः' की व्याख्या करते समय ईश्वर को तर्कातीत अस्तित्ववाला माना है, वह तो एक अलग ही बात है; परन्तु एक तरह से उपनिषदों के बताए हुए ईश्वर के सर्वनियंतृत्व को उनकी स्वीकृति समझा जाए तो वह अनुचित नहीं होगा।

सांख्यदर्शन की तरह उपनिषदों में योगदर्शन के बीज भी खोजे जा सकते हैं। उपनिषदों के द्रष्टा ऋषि-मुनियों को यह अच्छी तरह मालूम था कि हमारी अपूर्ण - एकांगी या धुँधली-सी समझदारी से किसी भी तरह सत् तत्त्व का सम्यक् दर्शन संभव नहीं हो सकता। इसीलिए उन्होंने मनुष्य के मन की दर्पण के साथ तुलना की है। मनुष्य के मन में 'सत्' तत्त्व का प्रतिबिम्ब पड़ता है। जिस प्रमाण में हमारा मन शुद्ध होगा उसी प्रमाण में उसमें सत् का प्रतिबिम्ब शुद्ध-स्वच्छ-चमकीला-स्पष्ट पड़ेगा। और उस प्रतिबिंब के प्रमाण में ही हमें 'सत्' तत्त्व का ज्ञान होगा। जैसे अन्धा रंग नहीं देखता, बहरा संगीत नहीं सुन सकता, उसी तरह निर्बल (अस्वच्छ) मन वाला मनुष्य सत्य नहीं देख सकता। इसलिए मन को स्वच्छ अर्थात् रागद्वेष आदि मलिनताओं से दूर अज्ञानरहित बनाना पड़ता है।

इस मन को पूर्वोक्त प्रकार से राग-द्वेषरहित कैसे किया जाए। इसकी पूरी प्रक्रिया योगदर्शन में निहित है। अपूर्ण, विकृत, स्वार्थी, भ्रान्त, मलिन मन को परिष्कृत, स्वच्छ, अविकारी, ज्ञानी बनाने के लिए साधना का अत्यन्त महत्त्व है। साधना में तिलभर की कमी भी सम्यग्दर्शन नहीं होने देती। मन के सभी अहंकारजन्य दोषों को संपूर्ण रूप से धो डालना ही साधना का कार्य है। इस साधना के द्वारा ही हम अतन्द्रित निर्मलत्व की एक ऐसी अवस्था में पहुँच जाते हैं कि जहाँ से जगत् की प्रतिभासम्पन्न विभूतियाँ दूर-दूर तक देखती रहती हैं। योगदर्शन की यह बात उपनिषदों के आत्मविषयक सिद्धान्त से ठीक मेल खाती है। हमारी चेतना शाश्वत सत् से विमुख होकर इन्द्रियजन्य नश्वर जगत् में भटकती हुई जीवभावापन्न हो गई है। जीवत्व की उस संकीर्णता को लाँघकर पार हो जाने पर आत्मा का कहीं अभाव नहीं दीखता और तब आत्मा की सघनता दिखाई देती है। लौकिकताबद्ध आत्मा पारमार्थिक प्रगति नहीं कर सकता। बन्धन से मुक्ति पाना, आत्मा की अनन्तता की अनुभूति करना, आत्मा के साथ एकात्म्य स्थापित करना, चित्तशुद्धि के द्वारा चित्त से अर्थात् मन से आत्मा को पाना आदि योगदर्शन के सिद्धान्त उपनिषदों में पाए ही जाते हैं। इस तरह सांख्यदर्शन की तरह योगदर्शन भी उपनिषदों का ऋणी है। योगदर्शन हमें मन और आत्मा को साधना के क्रम में अग्रसर होने की आज्ञा करता है, तो उपनिषदें भी हमें जोर देकर यही तो कहती हैं कि तप, संयम, ब्रह्मचर्य आदि गुणों का आचरण करने के बाद ही चरम लक्ष्य तक पहुँचा जा सकता है। प्रश्नोपनिषद् में परब्रह्म की खोज में निकले हुए छः जिज्ञासुओं को पिप्पलाद ने साधना में एक और साल बिताने को कहा था। ब्रह्मचारी-जीवन में चित्तविक्षेपकारी सांसारिक जाल नहीं होता। तप, ब्रह्मचर्य और श्रद्धा चित्तैकाग्र्य में सहायक होते ही हैं। तप से चित्तशान्ति और श्रद्धा से चेतना का सीधा संपर्क किया जा सकता है। और उसी में योगदर्शन का और उपनिषदों के अपरोक्ष सिद्धान्त का सारतत्त्व समाया है—वही दोनों का सम्बन्ध है।

हमें बाह्य विषयों में बाँधने वाला चित्त गुलाम बनाता है। उस पर प्रभुत्व होने से ही मुक्ति मिलती है। मन का मालिन्य किसी भी साधना का फल नहीं देता। उपनिषद् कहती है—"हे गौतम! स्वच्छ पानी में स्वच्छ जल डालने से वह स्वच्छ ही रहता है।" आदि बहुत-सी बातें ऐसी हैं जो योगदर्शन और उपनिषदों में समान रूप में पाई जाती हैं।

वेदान्त, सांख्य, योग—इन तीन दर्शनों का उपनिषदों के साथ हमने सम्बन्ध देखा। ये तीनों दर्शन एक तरह से ज्ञानकाण्ड में गिने जा सकते हैं। योगदर्शन को तो हम ज्ञानकाण्ड की प्रयोगशाला ही कह सकते हैं। इस ज्ञानकाण्ड के अतिरिक्त एक दूसरा काण्ड हमारे शास्त्रों में पाया जाता है वह है—कर्मकाण्ड। कर्मकाण्ड का भी भारत में एक दर्शन स्थापित हुआ है, उसका भी एक तत्त्व-ज्ञान है, उसका भी एक प्रमाणशास्त्र है, उसका भी एक आचारपक्ष है। उस दर्शन का नाम है—पूर्वमीमांसा।

सामान्यतः कर्मकाण्ड ज्ञानकाण्ड का विरोधी माना जाता है। विधिविधान का बाहुल्य, यज्ञों की प्रचुरता इस दर्शन की विशिष्टता है। मूल आर्यसंस्कृति यज्ञसंस्कृति ही थी इसलिए भारत में यज्ञों की विविधता को, विधिविधानों के बाहुल्य को प्रधानता दी गई हो, यह स्वाभाविक ही है। पर ज्ञानकाण्ड तो निवृत्तिपरक है अतः श्रौत उपनिषदों में—ज्ञानकाण्ड में और श्रौत ही ब्राह्मणादि यज्ञप्रधान वाङ्मय के साथ सम्बन्ध बिठाना कठिन हो गया है।

यह ठीक है कि ये दोनों काण्ड श्रौत होने पर भी एक साथ नहीं रह सकते, ये तमःप्रकाश की तरह अलग मालूम पड़ते हैं; जैसे रोटी और ईख एक साथ नहीं चबाई जा सकती, वैसे ही इन दोनों काण्डों का आचरण एक साथ नहीं किया जा सकता। दोनों का समुच्चय भले ही न हो सके, पर दोनों में क्रमिकता को अनिवार्य रूप से स्वीकार किया ही गया है। वह इस प्रकार है—पहले वेदविहित कर्मों का अनुष्ठान, फिर निष्काम कर्मनिष्ठा, उससे अन्तःकरण की शुद्धि, शमदमादिसाधनपूर्वक ज्ञाननिष्ठा और तब आत्मज्ञान से मुक्ति लाभ। स्मरण रहे, यह क्रमिकता अनिवार्य है।

इस क्रमिक सोपान-परंपरा में सभी सोपान मानव-जीवन के लिए अनिवार्य होने से सभी का अपना महत्त्व है और सभी का एक प्रकार का पारस्परिक क्रमिक सम्बन्ध भी है। उपनिषद् के ज्ञानकाण्ड में उस क्रमिकता का पालन करके ही उसमें पदार्पण किया जा सकता है। इसलिए पूर्वमीमांसा के कर्मकाण्ड का अनुसरण किए बिना उत्तरमीमांसा के ज्ञानकाण्ड का अधिकार ही नहीं प्राप्त होता। ऐसी योजना है। फिर भी यह क्रम सर्वसामान्य है। उसमें कहीं-कहीं वामदेव आदि में इस नियम का अपवाद हो सकता है।

यहाँ एक बात स्मरण रखना जरूरी है, वह यह है कि भारतीय संस्कृति में कर्म और ज्ञान का प्रवाह समानान्तर ही चला है। यही कारण है कि कुछ उपनिषदें सीधी संहिताओं में से आई हैं, कुछ ब्राह्मणग्रंथों से आई हैं, और कुछ ही आरण्यकों से आई हैं। एक बात यह मान सकते हैं कि आरण्यकों से सम्बद्ध उपनिषदें ज्यादा परिपक्व और विकसित तत्त्वज्ञान वाली हैं, जबकि अन्य उपनिषदों में स्थिर प्रकाश के बदले विद्युत् चमक रही हैं।

षड्दर्शनों में उपनिषद् के सम्बन्ध को देखने पर न्यायदर्शन का बीज उपनिषदों में खोजना बड़ा मुश्किल है। आगे चलकर न्यायदर्शन का जो प्रमाणशास्त्र विकसित हुआ, इसका एकमात्र निर्देश मुण्डकोपनिषद् में इस प्रकार मिलता है—"नाऽयमात्मा बलहीनेन लभ्यो न च प्रमादात्तपसो

वाऽप्यलिंगात्।'' यहाँ पर जो 'लिंग' शब्द आया है, वह न्यायदर्शन का पारिभाषिक शब्द है। वह अनुमानवाक्यों का मध्यम पद है। यह पद उपनिषदों का न्यायदर्शन के साथ जोड़नेवाली शृंखला हो सकती है। उदाहरणों से सत् तत्त्व का स्वरूप-ज्ञान हो सकता है। ऐसी बात कहनेवाले तथा प्रत्यक्षज्ञान के उदाहरण भी न्यायदर्शनानुकूल मिलते हैं। लेकिन सांख्य, योग, पूर्वमीमांसा जैसी सहजता से यह सम्बन्ध नहीं जोड़ा जा सकता।

उपनिषदों में मनोविज्ञान

उपनिषदों में आज के लोग यदि मन के व्यवस्थित पृथक्करण की अपेक्षा रखें, तो वह उचित नहीं है, क्योंकि आज का मनोविज्ञान एक स्वतंत्र विज्ञान के रूप में विकसित हुआ है। फिर भी उपनिषदों के मन सम्बन्धी विचार कुछ हद तक आज भी प्रासंगिक तो हैं ही।

प्रश्नोपनिषद् (4.2) में पाँच ज्ञानेन्द्रियों और पाँच कर्मेन्द्रियों का अर्थात् गति और संवेदनातंत्र का ही केवल उल्लेख है। पर बृहदारण्यक में कहा है कि ये इन्द्रियाँ मन के प्रभुत्व के नीचे ही काम करती हैं और मन मध्यवर्ती अंग है।..... मन के बिना इन्द्रियाँ निष्क्रिय हैं (बृह. 1.5.3) इसीलिए मन को प्रमुख इन्द्रिय माना गया है। मन के बिना इन्द्रियाँ कुछ काम नहीं कर सकतीं अर्थात् मन के बिना वे व्यर्थ हैं। उपनिषदें मन को भौतिक मानती हैं, उसे आज का विज्ञान भी मानता है। अन्यमनस्क व्यक्ति की इन्द्रियाँ ज्ञानोत्पादन में अक्षम होने की बात तो हम अपने व्यवहार में अनुभव करते ही हैं। इसलिए वास्तव में देखा जाय तो यह उपनिषद्वचन सत्य ही है कि—''मनुष्य मन से ही देखता, सुनता और सोचता है, आदि।'' इन्द्रियार्थसन्निकर्ष से प्रत्यक्ष तभी हो सकता है जब कि मनःसंयुक्त आत्मारूप देखनेवाली आँख हो।

ऐतरयोपनिषद् में अन्तःकरण (मानस) के एक अंश बुद्धि ये कार्य बताए गए हैं—संज्ञान, आज्ञान, विज्ञान, प्रज्ञान, मेधा, दृष्टि, धृति, मति, मनीषा, जूति, स्मृति, संकल्प, क्रतु, असु, काम और वश; ये भले ही पृथक्कर आधुनिक मनोविज्ञान की कसौटी पर खरा न उतरे, फिर भी इससे इतना तो निश्चित हो ही जाता है कि उपनिषत्काल में भी मनोविज्ञान सम्बन्धी चर्चाएँ होती थीं।

उपनिषदों की दृष्टि से उच्चतम ज्ञान तो आत्मा का ही है, मन का नहीं। क्योंकि आत्मा तो मन का भी मन है। वह आत्मा आँख की भी आँख और कान का भी कान है। वह सर्वेन्द्रियों, मन एवं प्राण—सब पर शासन करने वाला है। वह हृदयाकाश में स्थित है। कहीं-कहीं उसका वर्णन भौतिक द्रव्य की तरह भी किया गया है। आत्मा के लिए अंतिम सिद्धान्त शंकर के केवलाद्वैत का माना जाए या रामानुज के विशिष्टाद्वैत का माना जाय—यह निश्चित करना कठिन है।

अस्तु, वह तो एक अन्य ही विषय है। आत्मा तो प्राणों का प्राण और मन का भी मन है। यह 'प्राण' चेतना का अपर नाम है, और जो मन है, वह चेतना से विशाल तत्त्व है। प्राण - चेतना तो मानसिक जीवन का एक अंगमात्र है। प्राण तो केवल हमारे आध्यात्मिक जीवन की अवस्था ही है। चेतना, मन के द्वारा हुए ज्ञान का एक आकस्मिक तत्त्व है, ऐसा मनोवैज्ञानिक कहते हैं।

जब हम ऐसी चेतना से मन की विशालता का स्वीकार पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक ढंग से करते हैं, तब तो ''हमारा आन्तर जगत् उस चेतना (प्राण) से ज्यादा समृद्ध, ज्यादा विशाल और ज्यादा गूढ़ है''—यह लाइबनीज की उक्ति तो उपनिषत्कारों को पहले से मालूम थी ही।

माण्डूक्योपनिषद् में कही गई आत्मा की जाग्रदादि चार अवस्थाओं में जाग्रत् में मन और इन्द्रियों की क्रियाएँ चालू ही रहती हैं, स्वप्नावस्था में इन्द्रियाँ शान्त और मनोलीन हो जाती हैं। यह बात आधुनिक मनोविज्ञान नहीं मानता। पर उपनिषदों का कहना है कि जहाँ तक इन्द्रियाँ कुछ-न-कुछ करती हैं, वहाँ तक हम स्वप्न देखते ही नहीं। वह तन्द्रावस्था है, स्वप्न नहीं। सच्ची स्वप्नावस्था केवल मन का ही स्वैरविहार है, उस समय इन्द्रियाँ बिल्कुल शान्त (विलीन) ही होती हैं। स्वप्नावस्था के पदार्थ में संस्कारयुक्त मनोजन्य ही होते हैं, जाग्रदवस्था के पदार्थ बाह्य होते हैं—यही दोनों में अन्तर है। सुषुप्ति में मन अपने कारण - अविद्या - में लीन हो जाता है।

उपनिषदें कहती हैं कि सुषुप्ति में मन और इन्द्रियाँ शान्त हो जाती हैं। जिस प्रकार स्वप्न में मन जाग्रदवस्था के अनुभवों के संस्कारों से युक्त होकर पदार्थज्ञान उत्पन्न कर सकता है, उस प्रकार सुषुप्ति में नहीं कर सकता। उसमें ज्ञाता-ज्ञेय, दृश्य-द्रष्टा के भेद नहीं होते। चेतना का प्रवाह उस समय बन्द हो जाता है। फिर भी कहा जाता है कि उस समय निर्विषय चेतना तो उपस्थित रहती ही है। आत्मा इस समय में ही केवल ब्रह्मैक्य का अनुभव कर लेता है। कुछ भी हो, पर इतना तो निश्चित ही है कि सुषुप्ति में भी संपूर्ण अभाव या शून्य की अवस्था तो होती ही नहीं। सुषुप्ति में भी आत्मा तो उपस्थित ही रहता है और तब उस आत्मा को कुछ भी अनुभव नहीं होता। फिर भी वह आनंदानुभव करता है। उपनिषद् की यह—''कुछ अनुभव न करते हुए भी आनन्दानुभव करने की'' बात मानना मुश्किल-सा लगता है। पर वास्तविक बात यह है कि उपनिषदें शरीर द्वारा अभानरूप से चलती हुई क्रियाओं का समाधान 'प्राण' नामक तत्त्व से करती हैं। वे कहती हैं कि श्वासोच्छ्वास, रुधिराभिसरण आदि क्रियाओं का नियन्त्रण करनेवाला यह 'प्राण' है। शरीर में 'स्मृति' नामक तत्त्व के द्वारा चेतना का प्रवाह अखंडित-सा होता है। संभव है कि यह समाधान ठीक हो। फिर भी हम यह तो कह ही आए हैं कि उपनिषदों के मत में बड़ी भारी अस्पष्टता है, धुँधलापन है। सुषुप्ति अवस्था में, प्रत्यक्षज्ञान के अभाव में, इन्द्रिय और मन की शान्त (निष्क्रिय) दशा में आत्मा आनन्दानुभव करता होगा क्या ? तुरीय में भी केवल एकत्वभान ही होता है। वहाँ भी लौकिक, इन्द्रियजन्य तो है नहीं।

फिर भी ये सब रहस्यमय बातें हैं, वे बुद्धिगम्य नहीं अपितु अनुभूतिगम्य ही हैं। ऐसा मानने के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

उपनिषदों की व्यापकता

उपनिषदें वैदिक धर्म और वैदिक तत्त्वज्ञान के सारतत्त्व रूप हैं। और यह तो कहा ही गया है कि सभी भारतीय दर्शनों के बीज उपनिषदों में निहित हैं। वेदान्तदर्शन की तो सभी शाखाएँ उपनिषदों के अध्ययन का ही साक्षात् फल हैं। उपनिषदों में कहे गए मानव-जीवन का परम लक्ष्य (मोक्ष) तो भारतीय संस्कृति, सभ्यता, तत्त्वज्ञान और धर्म में इतना व्यापक हो गया है कि परंपरा से शताब्दियों-सहस्राब्दियों तक भारतीय जनजीवन में एकदम ओतप्रोत हो गया है। यह उपनिषदों की भारतीय जीवन को बहुत बड़ी देन है।

प्रस्थानत्रय की नींव उपनिषदें ही हैं। बाकी के दो ब्रह्मसूत्र और भगवद्गीता हैं, लेकिन केन्द्रस्थानीय तो उपनिषदें ही हैं।

उपनिषदों के विचारों की गम्भीरता और वैचारिक उदारता इतनी बड़ी है कि अन्य धर्मावलम्बियों और अन्य समाज के लोगों का ध्यान भी इनकी ओर आकर्षित हुआ है। और उन्होंने उपनिषदों से

आकर्षित होकर उनका अपनी-अपनी भाषा में अनुवाद किया-करवाया है। ई.स. 1640 में बादशाह शाहजहाँ के पुत्र दाराशिकोह को उपनिषदों के सर्वात्मभाव के सिद्धान्त ने इतना आकर्षित किया कि वह उस समय अपने कश्मीर के आवास को छोड़कर तुरन्त दिल्ली आ पहुँचा और काशी से कुछ विद्वानों को बुलवाया और उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद करवाने का काम अपने हाथों में लिया। ई.स. 1775 में जन्द अवेस्ता की खोज करने वाले एन्क्वेटील ड्युपेरोन ने उपनिषदों के उस फारसी अनुवाद की नकल मुजाउद्दौला के राज्य में निवास करने वाले फ्रेंच रेसीडेण्ट मि. ला जेन्टिल को मैत्री-सम्बन्ध से भेंट की। एन्क्वेटील ने उसका भाषान्तर लैटिन भाषा में भी करवाया और वह ई.स. 1800-1801 में प्रकाशित हुआ। यद्यपि यह भाषान्तर बहुत ही अस्पष्ट था, फिर भी जर्मन तत्त्ववेत्ता शोपनहॉवर ने स्वयं में उपनिषद् के तत्त्वज्ञान के प्रभाव को कबूल किया है। शोपनहॉवर के वे शब्द उद्धृत करना यहाँ अनुचित नहीं होगा। उन्होंने कहा है कि—

"उपनिषदों ने गत सदी में जीनेवाले लोगों से अधिक वर्तमान सदी में जीनेवाले मनुष्यों पर उपकार किया है। मेरे मतानुसार पंद्रहवीं सदी में ग्रीक साहित्य के पुनरुद्धार के द्वारा जो प्रभाव पड़ा था इससे कहीं ज्यादा असर संस्कृत साहित्य के पुनः उद्धार के द्वारा सम्भव है। यदि वाचक को प्राचीन हिन्दुओं के ज्ञान की प्राप्ति हुई होगी और उनके विचार पचे होंगे, तो मेरे विचार को समझने का मैं उन्हें खास अधिकारी मानूँगा। मैं ऐसा मानता हूँ कि जिन विचारों के सूत्र उपनिषदों में इधर-उधर बिखरे हुए मालूम पड़ते हैं, उनकी व्यवस्था मैं जिस तत्त्व-पद्धति के द्वारा करना चाहता हूँ, उसमें से फलित हो सकती है। हालाँकि उसके विपरीत मेरी विचारपद्धति या तत्त्वपद्धति कहीं उपनिषदों में से नहीं उत्पन्न होती। इन उपनिषदों की प्रत्येक पंक्ति कितने निश्चित, स्पष्ट और मधुर अर्थ को अभिव्यक्त करती है। उनके प्रत्येक वाक्य में कैसे गहन, अपूर्व और भव्य विचार प्राप्त होते हैं। और उपनिषदों के समग्र संचय में द्रष्टाओं के पवित्र, उदार और उत्साहजनक आशय कैसे प्रकट होते हैं। इस समग्र विश्व में मूल ग्रन्थ के सिवा भी केवल अनुवाद से ही कोई ग्रन्थ हमारे लिए लाभदायक सिद्ध हुआ हो, तो वह मात्र उपनिषद् ही है। हमारे मन को अधिक उच्चादि दिशा में ले जाने के लिए जो एकमात्र प्रकाश है—वही उपनिषद् है। उन (उपनिषद्) ग्रन्थों में मेरे जीवन का विराम है और प्रयाणपर्यन्त उससे मुझे शान्ति मिलती रहेगी"।

शोपनहॉवर की कही गई उपनिषदों की स्तुति के पश्चात् जर्मनी में उपनिषदों का अध्ययन व्यापक मात्रा में होने लगा। और वहाँ से योरप के अन्य सभी देशों में फैल गया। प्रो. ड्युसन ने भाष्य के साथ उपनिषदों का अनुवाद किया। साथ ही ब्रह्मसूत्र-शांकरभाष्य का भी अनुवाद किया। 'अध्यात्म विद्या के मूलतत्त्व' नामक ग्रन्थ में उपनिषदों के विचारों का गुम्फन काण्ट के कुछ सिद्धान्तों के आधार पर भी किया गया। प्रोफेसर मैक्समूलर ने शंकर के वेदान्तदर्शन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। राजा राममोहन राय ने अपने खर्च से उपनिषदों का हिन्दी-अंग्रेजी भाषा में अनुवाद करवाया। ब्राह्मसमाज के कुछ सिद्धान्त उपनिषदों से ही लिए गए हैं, वह तो सर्वविदित ही है।

प्रकृत संस्करण की उपादेयता

उपनिषदों के मतों में दिखाई देनेवाली अस्पष्टताएँ होने से या तो कहिए कि उन मतों की सर्वाभिमुखता से उनमें से अलग-अलग अर्थ निकालने का बहुत बड़ा अवकाश है। भाष्यकारों के विविध मतों का भी यही कारण है। इतने भाष्य-टीकाएँ-वार्तिक आदि होने पर भी अभी और नए अर्थ निकालने की संभावना यथावत् बनी हुई ही है। सहज रूप से अपने शरीर के रंग को बदलनेवाले

गिरगिट के किस रंग को आप झूठा साबित कर सकते हैं ? एक-दूसरे से भिन्न उसके शरीर के सभी रंग वास्तविक ही हैं न ?

उपनिषदों के इस संग्रह को अपने मूल स्वरूप में ही प्रकाशित करने का यही हेतु है। अनेक अर्थों की संभावना वाले मंत्रों का कोई यदि नया ही अर्थ प्रकाशित करता है तो इससे भारतीय चिन्तन को लाभ ही होगा, हानि नहीं।

इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर हमने मूलपाठों का ही जहाँ तक बन सका है अन्वय करके शब्दशः अनुवाद करने का प्रयत्न किया है। प्रासादिकता का जतन हो और अर्थ समझने में सरलता हो, इसको दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुरूप यत्र-तत्र कुछ शब्दों को ब्रैकेट ( ) में तथा कुछ को स्वतंत्र रखकर विषयवस्तु को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक उपनिषद् के आरम्भ में उसका परिचय भी प्रस्तुत किया गया है।

भारतीय तत्त्वज्ञान के निचोड़रूप श्रौत उपनिषदों का और अश्रौत उपनिषदों का तटस्थ हिन्दी रूपान्तर करने का यह प्रकल्प संशोधकों, स्वतन्त्र विचारकों, जिज्ञासुओं के लिए उपयोगी होने पर भी बड़ा परिश्रम माँगलेनेवाला है। मेरी इस जरावस्था में उसे हाथ में लेना मुश्किल ही था, किन्तु मेरे भूतपूर्व विद्यार्थी और आज के आत्मीयजन भाई श्री हरीश झवेरी ने आग्रह किया और मैं उसे टाल न सका। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट होने के साथ-साथ वे भारतीय तत्त्वज्ञान का पूरा मर्म समझने वाले हैं। मैंने यह काम हाथ में स्नेहवश ले तो लिया, पर बीच-बीच में मेरी ली हुई इस जिम्मेदारी से मैं उद्विग्न हो उठता था, पर वे मुझे ढाढस बँधाते रहे और मेरा काम चलता रहा—यह इस लेखन का इतिवृत्त है। इसके लिए मैं उनका आभार मानूँ तो उन्हें बुरा लगेगा इसलिए आशीर्वाद देता हूँ।

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान ने इसके प्रकाशन का भार उठाया और वाचकों के सामने यह ग्रन्थ आ सका, इसके लिए मैं उनसे अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

आशा है कि मेरा यह प्रयास संस्कृत तथा संस्कृति के प्रेमियों को पसन्द आएगा।

अन्त में स्वामी विवेकानन्द के उपनिषत्सम्बन्धी इन उद्गारों को उद्धृत करके भूमिका का समापन करता हूँ—

"मैं जब उपनिषदों को पढ़ता हूँ, तो मेरे आँसू बहने लगते हैं। यह कितना महान् ज्ञान है ? हमारे लिए यह आवश्यक है कि उपनिषदों में सन्निहित तेजस्विता को अपने जीवन में विशेष रूप से धारण करें। हमें शक्ति चाहिए, शक्ति के बिना काम न चलेगा। यह शक्ति कहाँ से प्राप्त होगी ? उपनिषदें ही शक्ति की खानें हैं। उनमें ऐसी शक्ति भरी पड़ी है कि जो सम्पूर्ण विश्व को बल, वीर्य और नवजीवन प्रदान कर सके। उपनिषदें किसी भी देश, जाति, मत, सम्प्रदाय का भेद किए बिना हर दीन, दुर्बल, दुःखी और दलित प्राणों को पुकार-पुकार कर कहती हैं कि उठो, अपने पैरों पर खड़े हो जाओ, और बन्धनों को काट डालो। शारीरिक स्वाधीनता एवं आध्यात्मिक स्वाधीनता यही उपनिषदों का मूलमन्त्र है।"

विद्वानों का वशंवद

केशवलाल वि. शास्त्री

उपनिषत्क्रम

	पृष्ठांक
1. ईशावास्योपनिषत्	1
2. केनोपनिषत्	7
3. कठोपनिषत्	15
4. प्रश्नोपनिषत्	38
5. मुण्डकोपनिषत्	54
6. माण्डूक्योपनिषत् (गौडपादकारिकासहित)	68
7. तैत्तिरीयोपनिषत्	103
8. ऐतरेयोपनिषत्	125
9. छान्दोग्योपनिषत्	134
10. बृहदारण्यकोपनिषत्	265

॥ श्रीः ॥

उपनिषत्सञ्चयनम्

(1) ईशावास्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

मुक्तिकोपनिषद् में बताए हुए उपनिषत्क्रम में ईशावास्योपनिषद् या ईशोपनिषद् का प्रथम स्थान है। 'ईश' शब्द से प्रारंभ होने से इसका नाम ईशोपनिषद् या ईशावास्योपनिषद् पड़ा है। इसे 'संहितोपनिषद्' भी कहा जाता है, क्योंकि इस उपनिषद् ने शुक्लयजुर्वेद के संहिता भाग में (40 अध्याय में) विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। इस शुक्लयजुर्वेदसंहिता को वाजसनेयि संहिता भी कहा जाता है। केवल अठारह मंत्रों की छोटी-सी उपनिषद् होते हुए भी इस पर असंख्य विद्वान् आकर्षित हुए हैं और अन्यान्य उपनिषदों की अपेक्षा इस उपनिषद् पर अधिकाधिक टीकाएँ एवं विवेचन हुए हैं। और असंख्य विवेचन होने पर भी इस उपनिषद् के रहस्य को भलीभाँति अभी तक परितोषजनक रूप से खोला नहीं जा सका है।

यह सम्पूर्ण जगत् ईश का निवासस्थान या ईश से व्याप्त है—यह कहकर प्रथम मंत्र में मनुष्यों को शिक्षा दी गई है कि वे जागतिक भोगों को आसक्ति का त्याग करके ही भोगें, क्योंकि सभी पदार्थ ईश के ही हैं, उनके नहीं हैं और अन्य के पदार्थ को अपना बनाने का लोभ छोड़ने की सलाह दी गई है। दूसरे मंत्र में अनासक्तिपूर्वक कर्मों को करते हुए ही सौ साल तक जीने की इच्छा करने को कहा गया है। समाज के अभ्युदय और निःश्रेयस् के लिए कर्मठ जीवन का सन्देश दिया गया है। जीवन जीने का ऐसा एकमात्र मार्ग बताकर इस मार्ग पर न चलने वालों की अधोगति तीसरे मंत्र में बताई है। चौथे और पाँचवें मंत्र में रहस्यमय रूप से आत्मतत्त्व का स्वरूप और सर्वान्तर्यामित्व (सर्वगामित्व) बताया गया है जबकि छठे और सातवें मंत्र में आत्मसाक्षात्कारी की सर्वत्र आत्मदर्शिनी, सर्वत्र प्रेममयी और मोहातीत, राग-द्वेषमुक्त स्थिति बताई है। आठवें मंत्र में आत्मसत्त्व का कवित्वमय वर्णन है। वहाँ आत्मा का स्वप्रकाशत्व, सर्वव्यापकत्व, श्रेष्ठत्व, विशुद्धत्व आदि बताया है।

इसके बाद नौ से चौदह—ये छः मन्त्र बड़े ही अस्पष्ट हैं। इन्हें समझाने के लिए टीकाकारों ने अनेक परस्पर विरुद्ध अर्थ किए हैं। "ज्ञानी लोग 'विद्या' और 'अविद्या' के फल अलग बताते हैं, फिर भी उन दोनों का सन्तुलित संमिश्रण मनुष्य को अमरत्व देता है।" यहाँ 'अविद्या' को वैदिक कर्मकाण्ड और 'विद्या' को ज्ञानपूर्वक देवों के ध्यान के रूप में समझाया

गया है। ज्ञानरहित केवल कर्म-विधि पितृलोक में तथा क्रियारहित केवल ज्ञानयुक्त उपासना देवलोक में पहुँचा सकती है, पर पितृलोक या देवलोक शाश्वत नहीं है। पुण्य क्षीण होने पर पुन: धरा पर आना पड़ता है। तो इन दोनों में जन्म-मृत्यु की शृंखला चालू ही रहती है। मुक्ति (जन्म-मरण का अन्त) नहीं हो सकती। मुक्ति तो तभी मिल सकती है, जब उपासना और ज्ञान का समुचित संमिश्रण हो। कर्तव्यपालन से चित्तशुद्धि और चित्तशुद्धि से निदिध्यासन (उपासना) और बाद में साक्षात्कार मुक्ति होती है। इस सीढ़ी को ही समुचित संमिश्रण कहा गया है।

इसी प्रकार बारहवें से चौदहवें मन्त्र तक के तीन मन्त्रों में आए हुए 'संभूति', 'असंभूति' और 'विनाश' शब्दों के अर्थ के विषय में भी टीकाकारों में बड़ा गहरा मतभेद है।

शंकराचार्य 'संभूति' का अर्थ 'कार्यब्रह्म' (हिरण्यगर्भ) और 'असंभूति' का अर्थ 'कारणब्रह्म' करते हैं। तदनुसार 'कार्यब्रह्म' की उपासना अद्भुत मानसिक सिद्धियाँ दे सकती हैं जब कि 'कारणब्रह्म' की उपासना 'प्रकृतिलय' तक पहुँचाती है। **ये दोनों मुक्तिदायक नहीं है।**

पर इन दोनों का समुचित (और क्रमिक) सम्मिश्रण ही मुक्ति दिला सकता है। इस विषय में शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत माध्यन्दिन शाखा के भाष्यकार उव्वट (11वीं सदी) का विवरण बड़ा रसप्रद और आकर्षक है। ये 'संभूति' शब्द का अर्थ 'परब्रह्म' करते हैं और 'असंभूति' शब्द ('विनाश' शब्द) का अर्थ 'शरीर' करते हैं। भूख और प्यास के प्रति आलस्य से भौतिक शरीर मरणशरण हो जाता है, इसलिए जो साधना के लिए अनिवार्य है, ऐसे शरीर से साधक लोगों को समुचित भौतिक कार्यकलाप करते हुए भी उससे ऊपर उठ जाना पड़ता है। अत: ब्रह्मध्यान के द्वारा वे अमरत्व प्राप्त करते हैं। इसी को समुचित सम्मिश्रण कहा गया है।

15 से 18—इन चार मन्त्रों में ऋषि ईश्वर से साक्षात्कार की बाधाओं को दूर करने की प्रार्थना करते हैं एवं ईश का गुणानुवाद करते हैं। ऋषि ने ईश के लिए प्रतीकरूप में अग्नि और सूर्यमण्डल को चुना है। मन्त्रों में आए हुए 'क्रतु' शब्द का अर्थ 'ईश' हो सकता है। 'अग्नि' का प्रतीक तत्कालीन यज्ञसंस्कृति की याद दिलाता है। 'यज्ञो वै विष्णु:' और 'सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च' ये श्रुतियाँ इसकी प्रमाण हैं।

और अगर ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो एक समय ऐसा था जब कि कर्म और उपासना की विभावना के साथ त्याग और संन्यासी जीवन के बीच संघर्ष चल रहा था। संभव है कि यह उपनिषद् सामान्यजनों के लिए उस संघर्ष के नवीनीकरण के लिए प्रस्तुत की गई हो। यह सन्निष्ठ साधकों को यह सन्देश देती है कि स्वार्थ और कामनाजन्य कर्मों को छोड़कर लोक-संग्रहार्थ सेवा-कार्यों, ईश्वर-प्रीत्यर्थ किए जाने वाले कार्यों और मानव-कल्याण के कार्यों को करते हुए जीना चाहिए। इस छोटी पर बहुत सुन्दर उपनिषद् का यही सन्देश है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

ॐ रूप में अभिव्यक्त वह (परब्रह्म) पूर्ण है और यह (कार्यब्रह्म) भी पूर्ण है। क्योंकि पूर्ण में से ही पूर्ण उत्पन्न होता है। (एवं प्रलय के समय) पूर्ण का (कार्यब्रह्म का) पूर्णत्व लेकर (अर्थात् स्वयं के भीतर समाकर) पूर्ण (परब्रह्म) ही शेष रह जाता है।

त्रिविध तापों (आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक) की शान्ति हो।

ईशावास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम्॥1॥

सकल ब्रह्माण्ड में जो कुछ भी जड-चेतनरूप जगत् (दिखाई देता) है, यह सब ईश्वर से व्याप्त है (सदा ईश्वर से घिरा हुआ रहता है), (ऐसा समझकर) ईश्वर को साथ में रखकर त्यागपूर्वक उसे भोगते रहो, (परन्तु) उसमें आसक्ति मत रखो। (क्योंकि—) धन (भोग्यपदार्थ) किसका है? (अर्थात् किसी का नहीं)।

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे॥2॥

इस (जगत्) में (शास्त्रविहित) कर्मों को करते हुए ही सौ वर्षों तक जीने की इच्छा करनी चाहिए। इस प्रकार (त्यागभाव से ईश्वर-प्रीत्यर्थ) भविष्य में किये जाने वाले कर्म तुम (मानव) में लिप्त नहीं होंगे। इस (मार्ग) से भिन्न दूसरा कोई मार्ग (उपाय) नहीं है (कि जिससे कर्मबन्धन से छुटकारा पाया जा सके)।

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः।
ताꣳस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः॥3॥

(जो) असुरों की प्रसिद्ध (तरह-तरह की) योनियाँ और नरकादि लोक हैं, वे सब अज्ञान एवं दु:ख-क्लेशरूप बड़े अन्धकार से घिरे हुए हैं। जो भी कुछ लोग आत्मा की हत्या करनेवाले हैं, वे लोग मरने के बाद उन्हीं भयंकर लोकों को बारम्बार प्राप्त करते रहते हैं।

अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्षत्।
तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत्, तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति॥4॥

यह परमेश्वर अचल, एकमात्र तथा मन से भी अधिक तीव्र गतिवाला है और सबसे पहले सबको जाननेवाला है। इस परमेश्वर को इन्द्र आदि देवगण भी जान नहीं पाये हैं, वह (परमात्मा, ब्रह्म) स्वयं स्थिर रहकर ही अन्य तीव्र गतिशील पदार्थों से आगे बढ़ जाता है। उसके अस्तित्व से (उसकी सत्ताशक्ति से) ही वायु आदि देव जलवर्षण आदि क्रियाएँ करने में समर्थ हैं।

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः॥5॥

वह (आत्मतत्त्व) काँपता (चलता) है (और) काँपता (चलता) नहीं भी है। वह बहुत दूर है, (फिर भी) वह बहुत नजदीक में भी है। वह इस समस्त (जगत्) के भीतर भी है और बाहर भी वही है।

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते ॥6॥

परन्तु जो मनुष्य (साधक) सभी प्राणियों को परमात्मा में ही सर्वदा देखता रहता है और सभी प्राणियों में परमात्मा को देखता है, तब तो वह (कभी भी किसी से भी) घृणा नहीं करता।

यस्मिन् सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ॥7॥

जिस अवस्था में परब्रह्म-परमात्मा को यथार्थ रूप में जाननेवाले महात्मा के (अनुभव में) सभी प्राणी केवल परमात्मस्वरूप ही हो जाते हैं, तब ऐसी स्थिति में भला कौन-सा मोह रह सकता है ? और कौन-सा शोक रह सकता है ? (तात्पर्य यह है कि ऐसा मनुष्य सर्वथा शोक-मोहरहित होकर परमानन्द से परिपूर्ण हो जाता है।)

स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरꣳ शुद्धमपापविद्धम्। कविर्मनीषी
परिभूः स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान् व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः ॥8॥

वह महात्मा उस परम तेजोमय सूक्ष्मशरीर से भी रहित, छिद्र-क्षति से रहित, शिराओं से रहित (अर्थात् पांचभौतिक देह से रहित), शुद्ध दिव्य सच्चिदानन्दस्वरूप, शुभाशुभ कर्मों के सम्बन्ध से रहित—ऐसे परमेश्वर को प्राप्त करता है; जो परमेश्वर सर्वद्रष्टा है, सर्वज्ञ है, ज्ञानस्वरूप, सर्वश्रेष्ठ, सदा विद्यमान, सर्वनियन्ता और स्वेच्छा से प्रकट होनेवाले हैं तथा अनादि काल से सभी प्राणियों के कर्मानुसार यथायोग्य सभी पदार्थों को उत्पन्न करने आये हैं।

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायाꣳ रताः॥9॥

जो लोग अविद्या की (केवल यज्ञ-यागादि की) ही उपासना करते हैं, वे लोग अज्ञानरूप घोर अन्धकार में प्रवेश करते हैं और जो लोग केवल विद्या में ही (ज्ञान के मिथ्याभिमान में ही) डूबे हुए हैं वे लोग तो उससे भी अधिक अन्धकार में प्रवेश करते हैं।

अन्यदेवाहुर्विद्ययान्यदाहुरविद्यया।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ॥10॥

ज्ञान के समुचित अनुष्ठान से अलग प्रकार का ही फल कहा गया है और कर्मों के यथार्थ अनुष्ठान से भी तो उससे अलग ही फल कहा गया है। इस प्रकार हम लोगों ने उन परिपक्व बुद्धिवाले (स्थिर बुद्धिवाले) लोगों से वचन सुने हैं। उन्होंने हमसे उस विषय की सम्यक् व्याख्या करके यह विषय कहा था।

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳ स ह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ॥11॥

जो मनुष्य इन दोनों को अर्थात् विद्या को और अविद्या को (ज्ञानतत्त्व को और कर्मतत्त्व को) भी समुचित रूप से पहचान लेता है, वह कर्मों के अनुष्ठान से मृत्यु को पार करके ज्ञान के अनुष्ठान से (ज्ञानोपासना से) अमृत को भोगता है (तात्पर्य यह कि ज्ञानोपासना से शाश्वत आनन्दस्वरूप परमब्रह्म को प्राप्त करता है)।

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽसम्भूतिमुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ संभूत्याꣳरताः ॥12॥

जो लोग अशाश्वत (विनाशी) देव, पितृ, मनुष्य आदि की उपासना करते हैं, वे लोग अज्ञानरूपी घोर अन्धकार में प्रवेश करते हैं और जो लोग शाश्वत परमतत्त्व में लीन होते हैं (अर्थात् उनकी उपासना के मिथ्याभिमान से पागल हो गये होते हैं) वे तो उनसे भी मानो अधिक अन्धकार में प्रवेश करते हैं।

अन्यदेवाहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात्।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ॥13॥

शाश्वत ब्रह्म की उपासना से अलग ही फल प्राप्त होता है, ऐसा कहते हैं; और विनाशी देव-पितृ-मनुष्य आदि की उपासना से भी तो अलग ही फल की प्राप्ति कही गयी है। ऐसा वचन हम लोगों ने स्थिरबुद्धि वाले लोगों से सुना है। उन्होंने हमें इस विषय में स्पष्ट रूप से विवेचनपूर्वक समझाया है।

संभूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभयꣳ सह।
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा संभूत्याऽमृतमश्नुते ॥14॥

जो मनुष्य उन दोनों को (अर्थात् शाश्वत परमात्मा को और विनाशी देव-पितृ-मनुष्यादि को) भी साथ-साथ में भलीभाँति पहचान लेता है, वह मनुष्य नश्वर देवादि की उपासना से मृत्यु को पार करके अविनाशी परमात्मा की उपासना से अमृत का उपभोग करता है अर्थात् शाश्वत आनन्दमय परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये ॥15॥

हे सर्वपालक सर्वपोषक परमात्मन्! सत्यस्वरूप परमेश्वर ऐसे आपका मुख, ज्योतिर्मय सूर्यमण्डल रूपी पात्र से ढँका हुआ है। आपकी भक्तिरूपी सत्यधर्म का अनुष्ठान करनेवाले मुझको आप अपना दर्शन करवाने के लिए उसे खोल दीजिए।

पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूह रश्मीन् समूह। तेजो यत्ते रूपं
कल्याणतमं तत्ते पश्यामि। योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि ॥16॥

हे भक्तपोषक ! हे प्रधानज्ञानस्वरूप ! हे सर्वनियन्ता ! हे भक्तों के या ज्ञानियों के परम लक्ष्यस्वरूप ! हे प्रजापति के प्रिय ! इन किरणों को समेट लीजिए। इस तेज को इकट्ठा कर लीजिए (अर्थात् अपने तेज में विलीन कर दीजिए), जिससे कि आपका जो अतिशय दिव्य और कल्याणकारी स्वरूप है, उसे मैं (आपकी कृपा से ध्यानपूर्वक) देख रहा हूँ कि जो वह (सूर्य की आत्मा) परमपुरुष आपका ही स्वरूप है और मैं वही हूँ।

वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तꣳ शरीरम् ।
ॐ क्रतो स्मर कृतꣳ स्मर क्रतो स्मर कृतꣳ स्मर ॥17॥

अब ये मेरे प्राण और इन्द्रियाँ, अविनाशी ऐसे समष्टिवायुतत्त्व में प्रविष्ट (विलीन) हो जायँ। यह स्थूल शरीर अग्नि में जलकर खाक हो जाय। हे सत्-चित्-आनन्दघन ! (ॐ) हे यज्ञस्वरूप प्रभो ! आप मुझ भक्त को याद कीजिए ! मेरे द्वारा किये गये कर्मों को याद कीजिए।

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान् ।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम ॥18॥

इति वाजसनेयिसंहितायामीशोपनिषत्समाप्ता ।

हे अग्नि के अधिष्ठाता देव ! हमें परमसम्पत्तिरूप परमात्मा की सेवा में पहुँचाने के लिए सुन्दर मंगलकारी मार्ग (उत्तरायण मार्ग) पर आप ले चलिए। हे देव ! आप हमारे सभी कर्मों को जाननेवाले हैं। इसलिए हमारे इस मार्ग के प्रतिबन्धक जो भी कुछ पाप हों, उन सभी को आप दूर कर दीजिए। आपको बारम्बार नमस्कार के वचन कहते हैं, बारम्बार नमस्कार करते हैं।

इस प्रकार ईशावास्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

(2) केनोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

प्राचीनतम माने गये दस उपनिषदों की श्रेणी में ईशावास्योपनिषद् के बाद केनोपनिषद् की गणना की जाती है। जो दस उपनिषदें बड़ी ही महत्त्वपूर्ण मानी जाती हैं, उनमें केनोपनिषद् का स्थान द्वितीय है। इस उपनिषद् का नाम भी आरंभ के 'केन' शब्द से रखा गया है। यह उपनिषत् सामवेद के तलवकाख्राह्मण में नौवें अध्याय में आई है, इसलिए इसे 'तलवकार उपनिषद्' भी कहा जाता है। तलवकार वे लोग कहे जाते थे कि जो स्वरताल के साथ सामगान कर सकते थे। सामगान की यह पूर्वकालीन प्रथा बाद के वर्षों में लुप्त हुई-सी मालूम पड़ती है। इस उपनिषद् की जैमिनीय शाखा और जैमिनि ब्राह्मण है। केनोपनिषद् के चार खण्ड हैं। पहले दो खण्ड पद्यात्मक हैं और अन्तिम दो खण्ड गद्यात्मक हैं। कुल मिलाकर मन्त्र की संख्या 35 है।

जिज्ञासु शिष्य के इस प्रश्न से उपनिषद् का प्रारंभ होता है कि चक्षुः-श्रोत्रादि ज्ञानेन्द्रियों और मन को स्फूर्ति देने वाले उनके पीछे कौन-सा तत्त्व है ? उत्तर में गुरु सर्वनियामक, सर्वसंचालक ब्रह्मतत्त्व का काव्यात्मक ढंग से वर्णन करते हैं। गुरु ब्रह्म को चक्षु का भी चक्षु, श्रवण का भी श्रवण, वाणी की भी वाणी और मन का भी मन कहते हैं। ब्रह्म की ही शक्ति से सबको शक्ति मिलती है। ऐसा कहकर ब्रह्मतत्त्व की अवाङ्मनसगोचरता दिखलाई गई है। अनुभूति में भी दुरूहता बताई गई है।

पहले पद्यात्मक दो खण्डों में गुरु-शिष्य संवाद के रूप में प्रश्नोत्तर की शैली में सुन्दर रीति से परमतत्त्व ब्रह्म की विशेषताओं तथा उसकी अनुभूति की अनिवार्य आवश्यकताओं का वर्णन किया गया है और अन्तिम दो (तीसरे और चौथे) गद्यात्मक खण्डों से देवताओं के अभिमान के मर्दन के लिए, यक्ष के रूप में ब्राह्मी चेतना के प्रकट होने का एक उपाख्यान दिया गया है।

अन्त में परब्रह्म की उपासना का प्रकार और फल बताकर ब्रह्मविद्या के साधनों का निर्देश किया गया है तथा उन साधनों से उस रहस्य को पहचनाने की महिमा गाई गई है। कहीं-कहीं इस उपनिषद् को ब्राह्मणोपनिषद् भी कहा गया है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

हे परब्रह्म परमात्मा ! मेरे सभी अंग—वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र और सभी इन्द्रियाँ तथा बल परिपुष्ट हों। यह जो सर्वरूप उपनिषत्प्रतिपादित ब्रह्म है, उस ब्रह्म की हम अवगणना (तिरस्कार) न करें और ब्रह्म (भी) हमारा परित्याग न करें। उस (ब्रह्म) के साथ हमारा अटूट सम्बन्ध हो। उपनिषदों में प्रतिपादित जो सब धर्म हैं, वे सब परमात्मा में रत हममें प्रविष्ट हों, वे सब धर्म हमारे में हों।

हे परमात्मा ! (हमारे) त्रिविध तापों की शान्ति हो।

अथ प्रथमः खण्डः

ॐ केनेषितं पतति प्रेषितं मनः केन प्राणः प्रथमः प्रैति युक्तः ।
केनेषितां वाचमिमां वदन्ति चक्षुः श्रोत्रं क उ देवो युनक्ति ॥1॥

किस तत्त्व से सत्ता (स्फूर्ति) प्राप्त करके और प्रेरित होकर यह मन (अन्तःकरण) अपने विषयों से संलग्न होता है ? (विषयों तक पहुँचता है?) किससे नियुक्त होकर यह सर्वश्रेष्ठ प्राण गति करता है, अर्थात् चलता है ? किसके द्वारा गतिशील बनाई हुई इस वाणी को लोग बोलते हैं ? और कौन प्रसिद्ध देव नेत्रेन्द्रिय और श्रोत्रेन्द्रिय को अपने-अपने विषय के अनुभव में लगाता है अर्थात् नियुक्त करता है ?

श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनो यद् वाचो ह वाचꣳ स उ प्राणस्य प्राणः ।
चक्षुषश्चक्षुरतिमुच्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति ॥2॥

जो (तत्त्व) मन का भी मन (कारण) है; प्राण का भी प्राण है; वाणी की भी वाणी है; श्रोत्रेन्द्रिय का भी श्रोत्र है और चक्षुरिन्द्रिय का भी चक्षु है, वही (इस समस्त जगत् का प्रेरक) परमात्मा है। ज्ञानी लोग उसको पहचान कर जीवन्मुक्त होकर इस मर्त्यलोक से चले जाने के बाद (अर्थात् मृत्यु के बाद) अमर (जन्ममरणरहित) हो जाते हैं।

न तत्र चक्षुर्गच्छति न वाग्गच्छति नो मनः ।
न विद्मो न विजानीमो यथैतदनुशिष्यात् ॥
अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि ।
इति शुश्रूम पूर्वेषां ये नस्तद्व्याचचक्षिरे ॥3॥

वहाँ (उस ब्रह्म तक) न तो चक्षुरिन्द्रिय आदि इन्द्रियाँ ही पहुँच सकती हैं, न ही वागिन्द्रिय आदि कर्मेन्द्रियाँ भी पहुँच सकती हैं और मन भी तो नहीं पहुँच पाता, इसलिए इस ब्रह्म के स्वरूप को, 'यह ऐसा है'—इस प्रकार हम अपनी बुद्धि से भी नहीं पहचान पाते और दूसरों से सुनकर भी नहीं समझ पाते। क्योंकि—"वह ब्रह्मतत्त्व जाने हुए सभी ज्ञेय पदार्थों से बिल्कुल अलग ही है और (साथ ही साथ) इन्द्रियों के द्वारा नहीं जाने गए पदार्थसमुदाय से भी उच्चतम ही है"।—ऐसा अपने पूर्वाचार्यों के मुख से हम सुनते आए हैं। उन्होंने हमें यह ब्रह्मतत्त्व अच्छी तरह से स्पष्ट करके समझाया था।

यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते ।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥4॥

जो ब्रह्म वाणी द्वारा बताया गया नहीं है, पर वाणी ही जिसके द्वारा बोली जा सकती है, उसी को तुम जानो। वाणी के द्वारा बताए गए जिस तत्त्व की लोग उपासना करते है, वह ब्रह्म नहीं है।

यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम् ।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥5॥

जिस ब्रह्मतत्त्व को (कोई भी मनुष्य) मन से (अन्तःकरण से) समझ नहीं पाता, परन्तु "मन ही जिसके द्वारा जाना (समझा) जा सकता है"—ऐसा कहा जाता है, वही ब्रह्म है, ऐसा तुम जानो। मन और बुद्धि के द्वारा पहचाने जानेवाले जिस तत्त्व की लोग उपासना करते हैं, वह ब्रह्म नहीं है।

यच्चक्षुषा न पश्यति येन चक्षूꣳषि पश्यति ।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥6॥

जिस ब्रह्मतत्त्व को कोई आँखों से देख नहीं पाता, परन्तु आँखें ही जिसके द्वारा देखी जाती हैं, वही ब्रह्म है, ऐसा तुम जानो। (जिसके होने से ही आँखें अपने विषयों को देख सकती हैं, वही ब्रह्म है।) चक्षुओं के द्वारा दिखाई देने वाले जिस दृश्य समुदाय की लोग उपासना करते हैं, वह ब्रह्म नहीं है।

यच्छ्रोत्रेण न शृणोति येन श्रोत्रमिदꣳ श्रुतम् ।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते ॥7॥

जिस ब्रह्मतत्त्व को कोई भी मनुष्य अपने कानों से नहीं सुन सकता, परन्तु जिसके द्वारा ही यह श्रोत्रेन्द्रिय सुनी जा सकती है (अर्थात् श्रोत्रेन्द्रिय में सुनने की शक्ति आती है), उसी को तुम ब्रह्मरूप में जानो। जो लोग श्रोत्रेन्द्रिय से जानने लायक पदार्थों के समूह की उपासना करते हैं, वह (श्राव्य पदार्थ समूह) ब्रह्म नहीं है।

यत्प्राणेन न प्रणिति येन प्राणः प्रणीयते ।
तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेहं यदिदमुपासते ॥8॥

इति प्रथमः खण्डः ।

जो ब्रह्मतत्त्व प्राणों से चेष्टायुक्त नहीं होता, परन्तु प्राण ही जिसके द्वारा चेष्टित होता है, उसी को तुम ब्रह्म जानो। प्राणों के द्वारा चेष्टित किए जाने वाले पदार्थसमूह की लोग उपासना करते हैं पर वह ब्रह्म नहीं है।

❋

अथ द्वितीयः खण्डः

यदि मन्यसे सुवेदेति दभ्रमेवापि नूनं त्वं वेत्थ ब्रह्मणो रूपम् ।
यदस्य त्वं यदस्य देवेष्वथ नु मीमांस्यमेव ते मन्ये विदितम् ॥1॥

यदि तू ऐसा मानता है कि "मैंने ब्रह्म को भलीभाँति जान लिया है" तब तो सही बात यही होती है कि "तुझे ब्रह्म का स्वरूप थोड़ा-सा ही ज्ञात हुआ है।" क्योंकि उस ब्रह्म का आंशिक स्वरूप जो तू है और उसका (अन्य) आंशिक स्वरूप जो देवों में है (इन दोनों को मिलाकर भी वह ज्ञान अल्प ही रहेगा) इसलिए मैं मानता हूँ कि तुम्हारा जाना हुआ ब्रह्मस्वरूप सचमुच फिर से विचार करने योग्य ही है।

नाहं मन्ये सुवेदेति नो न वेदेति वेद च ।
यो नस्तद्वेद तद्वेद नो न वेदेति वेद च ॥2॥

(शिष्य कहता है कि—) "मैं ब्रह्म को अच्छी तरह से जान चुका हूँ"—ऐसा तो मैं नहीं मानता, पर साथ-ही-साथ "मैं ब्रह्म को जानता ही नहीं"—ऐसा भी मैं नहीं मानता, क्योंकि मैं उसे जानता तो हूँ ही। किन्तु मेरा यह जानना कुछ निराला ही है (सामान्य ज्ञेय-ज्ञाता के बीच जैसा जानना होता है, ऐसा तो नहीं है)। मेरे इस कथन के रहस्य को तो हममें से केवल वही समझ सकता है, जो ब्रह्म को जाननेवाला हो।

यस्यामतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः ।
अविज्ञातं विजानतां विज्ञातमविजानताम् ॥3॥

जिस मनुष्य का मत ऐसा है कि "ब्रह्म जाना नहीं जा सकता", उसका तो वह जाना हुआ ही होता है। परन्तु जो मनुष्य यह मानता है कि "ब्रह्म को मैंने जान लिया है" तो वह आदमी कुछ भी नहीं जानता (ऐसा समझना चाहिए) (क्योंकि—) जानने का अभिमान रखनेवालों के लिए वह ब्रह्मतत्त्व ज्ञात हुआ होता ही नहीं और जिनमें ज्ञातृत्व का कुछ भी अभिमान नहीं होता, उनको यह ब्रह्मतत्त्व ज्ञात हुआ होता है। अर्थात् वे ब्रह्मसाक्षात्कारी होते है।

प्रतिबोधविदितं मतममृतत्वं हि विन्दते ।
आत्मना विन्दते वीर्यं विद्यया विन्दतेऽमृतम् ॥4॥

उपर्युक्त प्रतिबोध (संकेत) से उत्पन्न हुआ ज्ञान ही (बौद्धिक प्रतीति से उत्पन्न हुआ ज्ञान ही) वास्तविक ज्ञान है, क्योंकि ऐसे ज्ञान से अमृतत्व को (अमृतस्वरूप परमात्मा को) मनुष्य प्राप्त करता है। अन्तर्यामी परमात्मा से ही वह परमात्मज्ञान की शक्ति (ज्ञान) प्राप्त करता है और वह उस ज्ञान से (विद्या से) अमृतस्वरूप परब्रह्म परमेश्वर को प्राप्त करता है।

इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः ।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति ॥5॥

इति द्वितीयः खण्डः ।

यदि इस मानवदेह में परब्रह्म को पहचान लिया जाए तब तो बड़ी अच्छी ही बात है। परन्तु अगर इस जन्म में वह न जाना गया, तब तो बहुत बड़ा विनाश ही है—ऐसा सोचकर बुद्धिमान् लोग सकल प्राणियों में परब्रह्म को समझकर इस लोक से प्रयाण करके (मरकर) अमर हो जाते हैं।

❋

अथ तृतीयः खण्डः

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त ॥1॥

परब्रह्म परमेश्वर ने ही देवों के लिए (देवताओं को निमित्त बनाकर असुरों के ऊपर) विजय प्राप्त की। परन्तु परब्रह्म परमेश्वर की ही उस विजय पर इन्द्रादि देव (अपनी महिमा समझकर) अभिमान करने लगे।

त ऐक्षन्तास्माकमेवायं विजयोऽस्माकमेवायं महिमेति । तद्धैषां
विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्बभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति ॥2॥

वे इस प्रकार समझने लगे कि यह तो हमारी ही विजय है और यह हमारी ही महिमा है। किन्तु परब्रह्म ने इन देवताओं के अभिमान को पहचान ही लिया। (और कृपा करके देवताओं के इस अभिमान को दूर करने के लिए) उनके सामने ही साकार स्वरूप में प्रकट हो गये। (उन्हें यक्ष के रूप में प्रकट हुए देखकर भी) "यह दिव्य यक्ष कौन है"—वह उन देवताओं ने नहीं जाना।

तेऽग्निमब्रुवञ्जातवेद एतद्विजानीहि किमिदं यक्षमिति तथेति ॥3॥

उन इन्द्रादि देवताओं ने अग्निदेव से इस प्रकार कहा—"हे जातवेदा ! आप इस बात को ठीक तौर से जान लीजिए (जाँच-पड़ताल कीजिए) कि यह दिव्य यक्ष कौन है ?" (तब अग्नि ने कहा कि) "हाँ ठीक है।"

तदभ्यद्रवत्तमभ्यवदत्कोऽसीत्यग्निर्वा
अहमस्मीत्यब्रवीज्जातवेदा वा अहमस्मीति ॥4॥

अग्निदेव उस यक्ष के पास दौड़कर गए। उन अग्निदेव से यक्ष ने पूछा कि "तुम कौन हो ?" अग्नि ने कहा कि "मैं प्रसिद्ध अग्निदेव हूँ और मैं ही 'जातवेदा' के नाम से प्रसिद्ध हूँ।"

तस्मिꣳस्त्वयि किं वीर्यमित्यपीदꣳ सर्वं दहेयं यदिदं पृथिव्यामिति ॥5॥

(तब ब्रह्मरूप परमात्माने कहा कि—) "ऐसे (अग्नि और जातवेदा [सर्वज्ञ] के दो नाम धारण करनेवाले) तुझमें कौन-सा सामर्थ्य है? बताओ तो ?" तब अग्नि ने उत्तर दिया कि "अगर मैं चाहूँ तो इस धरती में जो कुछ भी है, इन सबको जलाकर भस्म कर सकता हूँ।"

तस्मै तृणं निदधावेतद्दहेति । तदुपप्रेयाय सर्वजवेन तन्न शशाक दग्धुं स
तत एव निववृते नैतदशकं विज्ञातुं यदेतद्यक्षमिति ॥6॥

(अग्नि के ऐसा कहने पर उस दिव्य यक्ष ने) उस अग्नि के आगे एक तिनका रखा (और कहा कि—) "इस तिनके को जला दो।" तब वह अग्नि अपनी पूरी ताकत से उस तिनके पर टूट पड़े। परन्तु उस तिनके को जला न सके। (इसलिए लज्जित होकर) लौट आए और देवों के पास जाकर कहने लगे कि "मैं इसे (यक्ष को) जानने में समर्थ नहीं हो पाया हूँ कि सचमुच यह यक्ष कौन है ?"

अथ वायुमब्रुवन् वायवेतद् विजानीहि किमेतद्यक्षमिति तथेति ॥7॥

तब देवताओं ने वायु से कहा कि "हे वायुदेव ! जाकर इस विषय को जान आइए (ठीक तरह से पहचान लीजिए) कि यह दिव्य यक्ष कौन है" ? तब वायुदेव ने कहा कि "ठीक है।" (अभी जान-पहचान करके आता हूँ)।

तदभ्यद्रवत् तमभ्यवदत् कोऽसीति । वायुर्वा अहमस्मीत्यब्रवीन्मात-
रिश्वा वा अहमस्मीति ॥8॥

वायुदेव दौड़कर उस (यक्ष) के पास गए। उनसे भी उस दिव्य यक्ष ने पूछा कि "तुम कौन हो ?" तब वायु ने कहा कि "मैं प्रसिद्ध वायुदेव हूँ और मैं ही 'मातरिश्वा' कहलाता हूँ।"

तस्मिꣳस्त्वयि किं वीर्यमिति ? अपीदं सर्वमाददीय यदिदं पृथिव्या-मिति ॥9॥

तब यक्षरूप ब्रह्म ने कहा—"वायु और मातरिश्वा इन दो नामों को धारण करने वाले तुझमें कौन-सा सामर्थ्य है ? (तब वायु ने उत्तर दिया कि—) "अगर मैं चाहूँ तो इस धरती में जो कुछ भी है, उसे उठाकर आकाश में उड़ा सकता हूँ।"

तस्मै तृणं निदधावेतदादत्स्वेति । तदुपप्रेयाय सर्वजवेन तन्न शशाकादातुं स तत एव निववृते नैतदशकं विज्ञातुं तदेतद् यक्षमिति ॥10॥

(वायु के ऐसा कहने पर उस दिव्य यक्ष ने) उस वायुदेव के सामने एक तिनका रखा और कहा कि "इस तिनके को उठा लो और उड़ा दो।" तब वह वायु अपने पूरे जोर से उस तिनके पर टूट पड़ा, परन्तु उसे उठाने में किसी भी तरह समर्थ न हो सका। इसलिए लज्जित होकर वहाँ से लौट आया और देवताओं से कहने लगा कि "सचमुच यह दिव्य यक्ष कौन है, यह जानने में मैं समर्थ नहीं हो सका हूँ।"

अथेन्द्रमब्रुवन्मघवन्नेतद् विजानीहि किमेतद् यक्षमिति । तथेति तदभ्य-द्रवत्तस्मात्तिरोदधे ॥11॥

इसके बाद देवों ने इन्द्र से कहा कि "हे इन्द्रदेव ! इस विषय को जानकर ठीक तौर से जाँच-पड़ताल कीजिए कि यह दिव्य यक्ष कौन है"। (उत्तर में इन्द्र ने कहा कि—) ठीक है और वह दौड़कर यक्ष की ओर गया। परन्तु वह दिव्य यक्ष उसके सामने से अन्तर्धान हो गया।

स तस्मिन्नेवाकाशे स्त्रियमजगाम बहुशोभमानामुमाꣳ हैमवतीं ताꣳ होवाच किमेतद् यक्षमिति ॥12॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

वह इन्द्र उसी आकाशप्रदेश में (यक्ष के स्थान पर ही) अतिलावण्यवती, हिमालय की पुत्री देवी उमा के पास आ पहुँचा और उनसे आदरपूर्वक कहने लगा कि—"(हे देवी !) यह दिव्य यक्ष कौन है ?"

❋

अथ चतुर्थः खण्डः

सा ब्रह्मेति होवाच । ब्रह्मणो वा एतद् विजये महीयध्वमिति । ततो हैव विदाञ्चकार ब्रह्मेति ॥1॥

तब उन भगवती उमादेवी ने स्पष्ट उत्तर दिया कि "वह तो परब्रह्म परमात्मा ही है और उस परमात्मा की ही इस विजय में तुम लोग अपनी विजय मानने लगे थे। उमा के इस कथन के द्वारा ही इन्द्र निश्चयपूर्वक जान गया कि 'यह ब्रह्म है।'

तस्माद्वा एते देवा अतितरामिवान्यान्देवान्यदग्निर्वायुरिन्द्रस्तेन ह्येनन्नेदिष्ठं पस्पृशुस्ते ह्येनत्प्रथमो विदाञ्चकार ब्रह्मेति ॥2॥

अग्नि, वायु और इन्द्र—इन तीन देवताओं ने ही इस निकटतम ब्रह्म का साक्षात्काररूप स्पर्श किया था और सर्वप्रथम उन्होंने 'यह ब्रह्म है'—ऐसा जाना था। इसलिए तो वे तीनों अन्य देवताओं से अधिक ऊँचे हुए हैं।

तस्माद्वा इन्द्रोऽतितरामिवान्यान्देवान्स ह्येनन्नेदिष्ठं पस्पर्श स ह्येनत्प्रथमो विदाञ्चकार ब्रह्मेति ॥3॥

इसलिए तो इन्द्र अन्य देवताओं की अपेक्षा मानो अतिशय उच्चस्थानीय है, क्योंकि उसने इस अत्यन्त प्रिय और अतिनिकटस्थ परमात्मा का, उमादेवी से सर्वप्रथम सुनकर अपने मन से उसका स्पर्श (अनुभव) किया था और उसी ने तो अन्य देवताओं की अपेक्षा सर्वप्रथम इस ब्रह्म को अच्छी तरह से पहचाना था कि "यह साक्षात् परब्रह्म पुरुषोत्तम है।"

तस्यैष आदेशो यदेतद् विद्युतो व्यद्युतदा३ इतीन्न्यमीमिषदा३ इत्यधि-दैवतम् ॥4॥

उस ब्रह्म का यह सांकेतिक उपदेश है (उपासना के लिए आदेश है) कि जो यह विद्युत् की चमकार जैसा है और जो आँख की पलक जैसा (निमिषमात्र जैसा) है, क्षणस्थायी है, वह ब्रह्म का अधिदैवत रूप है।

अथाध्यात्मं यदेतद् गच्छतीव च मनोऽनेन चैतदुपस्मरत्यभीक्ष्णꣳ सङ्कल्पः ॥5॥

अब आध्यात्मिक उदाहरण दिया जा रहा है कि जो हमारा मन इस ब्रह्म के पास जाता हुआ-सा दिखाई देता है; और इस ब्रह्म का (वह) निरन्तर अतिशय प्रेमपूर्वक स्मरण करता है; इस मन से ही संकल्प (अर्थात् उस ब्रह्म की अनुभूति की उत्कट अभिलाषा) भी होता है।

तद्ध तद्वनं नाम तद्वनमित्युपासितव्यं स य एतदेवं वेदाभि हैनꣳ सर्वाणि भूतानि संवाञ्छन्ति ॥6॥

वह परब्रह्म परमात्मा सब प्राणियों के लिए प्राप्तव्य होने से 'तद्वन' इस नाम से प्रसिद्ध हैं, इसलिए "वह 'तद्वन' (परमात्मा) सभी प्राणियों का अभीष्ट विषय और सभी का परमप्रिय है"।—इस भाव से उसकी उपासना करनी चाहिए और जो कोई भी साधक इस ब्रह्म को इस प्रकार की उपासना से जान लेता है, उसे सचमुच ही सभी प्राणी सर्वतः हृदयपूर्वक चाहते हैं। (अर्थात् वह प्राणीमात्र का प्रिय बन जाता है)।

उपनिषदं भो ब्रूहीत्युक्ता य उपनिषद् ब्राह्मीं वाव त उपनिषदम-ब्रूमेति ॥7॥

"हे गुरुदेव ! ब्रह्म-सम्बन्धी रहस्यमयी विद्या का उपदेश कीजिए।"—इस प्रकार शिष्य ने प्रार्थना की। तब गुरुदेव कहते हैं कि "तुम्हें हमने रहस्यमयी ब्रह्मविद्या बता दी है। तुम्हें हम लोगों ने निश्चयपूर्वक ब्रह्मविषयक रहस्यमयी विद्या बता ही दी है। इस तरह तुम्हें समझ लेना चाहिए"।

तस्यै तपो दमः कर्मेति प्रतिष्ठा वेदाः सर्वांगानि सत्यमायतनम् ॥8॥

उस रहस्यमयी ब्रह्मविद्या के तप, समनस्क सर्वेन्द्रियसंयम और निष्काम कर्म—ये तीन आधार हैं तथा वेद उस विद्या के सभी अंग हैं। (क्योंकि वेद में उसके सभी अंगों का वर्णन किया गया है।) और सत्यस्वरूप परमात्मा उसका आयतन अर्थात् प्रातव्य है।

यो वा एतामेवं वेदापहत्य पाप्मानमन्ते स्वर्गलोके ज्येये प्रतितिष्ठति प्रतितिष्ठति ॥9॥

इति चतुर्थः खण्डः।

इति केनोपनित्समाप्ता ॥

यदि कोई भी मनुष्य इस प्रसिद्ध ब्रह्मविद्या को पूर्वोक्तानुसार अच्छी तरह से जान लेता है, वह सर्व पापसमूह को नष्ट करके अविनाशी, असीम, सर्वश्रेष्ठ परमधाम में स्थित हो जाता है। सदा-सर्वदा के लिए स्थित हो जाता है।

इस प्रकार केनोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।



(3) कठोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

कठोपनिषद् कृष्णयजुर्वेद के अन्तर्गत है। उस वेद की काठकसंहिता में शामिल होने से उसे काठकोपनिषद् भी कहते हैं।

नचिकेता और यम की कथा तो बहुत पुरानी है। ऋग्वेद (10.135) में भी उसका उल्लेख है। तैत्तिरीय ब्राह्मण (3.1.8) इस कथा की रूपरेखा बताता है। इस उपनिषद् में वह कथा विस्तृत रूप में दी गई है। ऐसे तो सम्पूर्ण उपनिषद् यम और नचिकेता के संवाद के रूप में है। इस उपनिषद् में छः वल्लियाँ हैं और कुल मिलाकर 119 मंत्र हैं। पहली 29 मंत्रों वाली वल्ली में वाजश्रवस (औदालकि आरुणि) विश्वजित् यज्ञ कर रहा था। यज्ञ के नियमानुसार उसको अपनी सारी सम्पत्ति का दान करना चाहिए। पर उसके बदले वह तों बूढ़ी, दूध नहीं देने वाली गायों का दान करने लगा! यह देखकर उसके तरुण पुत्र नचिकेता को अपने पिता के दुर्हेतु का ख्याल आया। पिता को ठीक तरह से सावधान करने के लिए नचिकेता ने पूछा कि वे उसका दान किसे करते हैं? बार-बार कहने पर पिता ने क्रोध से कह दिया कि "तुम्हें मृत्यु (यम) को भेंट करता हूँ।" ऐसा कहकर बाद में वह पश्चात्ताप करने लगा, पर नचिकेता तो यम के लोक में जा ही पहुँचा। वह पहुँचा तब यमराज अपने लोक में नहीं थे। यमराज की राह देखते हुए नचिकेता ने तीन दिन और तीन रात्रियाँ शान्ति से यमलोक में आतिथ्य-रहित होकर गुजारीं। घर पर वापस आए यमराज ने सब हाल सुनकर बड़े खेद का अनुभव किया। उन्होंने नचिकेता से तीन वरदान माँगने को कहा, ताकि नचिकेता को हुई असुविधा के लिए प्रतिदान के रूप में उसे कुछ दिया जा सके।

यमराज से पहले वरदान के रूप में नचिकेता ने माँगा कि उसके पिता की मानसिक शान्ति हो। वे अपने पुत्र को पहचान लें और सन्तुलित मन से उसको (नचिकेता को) प्रेम करें।

दूसरे वरदान से नचिकेता ने स्वर्ग में पहुँचाने वाली यज्ञविद्या माँगी। यमराज ने सम्पूर्ण यज्ञविद्या उसे सिखाई और बाद में उसकी समझदारी की परीक्षा भी ली। इससे खुश होकर नचिकेता को ऊपर से एक रत्नजड़ित माला भी भेंट कर दी और यज्ञाग्नि का नाम भी 'नाचिकेताग्नि' रख दिया।

अन्तिम वरदान के रूप में नचिकेता ने यमराज से मृत्यु के बाद होने वाली मनुष्य की (आत्मा की) स्थिति का ज्ञान देने का वरदान माँगा। सूक्ष्मतम और दुर्ज्ञेय आत्मतत्त्व सम्बन्धी ज्ञान का वरदान देने से पहले यमराज ने नचिकेता को अन्यान्य भोगों के प्रलोभन देकर इस वरदान को छोड़ देने को कहा, पर नचिकेता अडिग रहा। तब यमराज ने आत्मज्ञान का उपदेश देना शुरू किया।

दूसरी वल्ली में 25 मन्त्र हैं। इसमें श्रेय-प्रेय विवेक, अविद्यामग्नों की दुर्दशा, आत्मज्ञान की दुर्लभता, कर्मफल, ज्ञानफल, ॐकार का उपदेश, आत्मस्वरूप आदि विषय संगृहीत हैं।

तीसरी वल्ली में 17 मन्त्र हैं। इसमें विवेकी और अविवेकी का भेद, आत्मा की सूक्ष्म बुद्धिग्राह्यता, उद्बोधन, निर्विशेष आत्मतत्त्व, विज्ञान-महिमा आदि विषय संगृहीत किए गये हैं।

चौथी वल्ली में 15 मंत्र हैं। इसमें आत्मज्ञ की सर्वज्ञता, निर्भयता, अशोकत्व आदि का निरूपण तथा भेदापवाद आदि विषय शामिल हैं।

पाँचवीं वल्ली में भी 15 मन्त्र ही हैं। इसमें मरणोत्तर जीवन, आत्मा की प्रतिरूपता, असंगता आदि विषय समझाए गए हैं।

छठी वल्ली में 18 मंत्र हैं और इसमें संसाररूप अश्वत्थवृक्ष का वर्णन किया गया है। इसमें अमरत्व की प्राप्ति, ईश्वर की सर्वशासकता, स्थानभेद से भगवद्दर्शन का तारतम्य, आत्मज्ञान का प्रकार और प्रयोजन आदि विषय चर्चित किए गए हैं।

इन छः वल्लियों को दो अध्यायों में बाँटा गया है। प्रथम तीन वल्लियाँ पहले अध्याय की हैं और अन्तिम तीन वल्लियाँ दूसरे अध्याय की हैं।

प्रधान दस उपनिषदों में कठोपनिषद् की गणना होती है और वर्तमान समय में भी यह उपनिषद् बहुत प्रेरक एवं उपादेय है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै॥
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

हे पूर्णब्रह्म परमात्मा! आप हम दोनों की (गुरु-शिष्य की) साथ-ही-साथ रक्षा करें। हम दोनों का एक ही साथ पालन करें। हम दोनों साथ-ही-साथ शक्ति प्राप्त करें। हम दोनों द्वारा प्राप्त की गई विद्या तेजोमयी हो। हम दोनों आपस में द्वेष न करें। (हे परमात्मन्! आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक, त्रिविध तापों की) शान्ति हो।

अथ प्रथमोऽध्यायः

प्रथमा वल्ली

ॐ उशन् ह वै वाजश्रवसः सर्ववेदसं ददौ। तस्य ह नचिकेता नाम पुत्र आस॥1॥

(ॐ सच्चिदानन्द परमात्मा का नाम-स्मरण करके उपनिषद् का प्रारम्भ होता है) यह बात तो सुविदित है कि यज्ञ का फल चाहनेवाले, वाजश्रवा के पुत्र (उद्दालक) ने विश्वजित् यज्ञ में अपनी सारी संपत्ति (ब्राह्मणों को) दे दी। उसका नचिकेता नाम का एक प्रसिद्ध पुत्र था।

तꣳह कुमारꣳ सन्तं दक्षिणासु नीयमानासु श्रद्धाविवेश सोऽमन्यत॥2॥

(जिस समय ब्राह्मणों को) दक्षिणा के रूप में देने के लिए गायें लाई जा रही थीं, उस समय छोटा बच्चा होने पर भी उस नचिकेता में श्रद्धा (आस्तिक्य बुद्धि) का प्रवेश हुआ और वह उन बूढ़ी गायों को देखकर सोचने लगा।

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहा निरिन्द्रियाः।
अनन्दा नाम ते लोकास्तान्स गच्छति ता ददत्॥3॥

जो गायें (जीवन का) अन्तिम बार का पानी पी चुकी हैं, जो अन्तिम बार की ही घास खा चुकी हैं, जिन गायों का अन्तिम बार का ही दूध दुहा जा चुका है, जिन गायों की इन्द्रियों की शक्ति खत्म हो चुकी है, ऐसी (निरुपयोगी मरणासन्न) गायों को देनेवाला वह दाता तो सर्वसुखरहित (श्वान-शूकरादि निम्न योनियों और) नरक आदि लोकों को प्राप्त करता है। (इसलिए मुझे पिता को सावधान कर देना चाहिए।)

स होवाच पितरं तत कस्मै मां दास्यसीति।
द्वितीयं तृतीयं तꣳ होवाच मृत्यवे त्वा ददामीति॥4॥

ऐसा विचार करके वह अपने पिता से कहने लगा—"हे पिताजी! आप मुझे किसको देंगे?" (पिता से उत्तर न मिलने पर उसने यही बात) पुनः दूसरी बार, तीसरी बार भी कही। तब पिता ने उससे क्रोधपूर्वक कहा कि—"मैं तुझे मृत्यु (यम) को देता हूँ।"

बहूनामेमि प्रथमो बहुनामेमि मध्यमः।
किꣳ स्विद्यमस्य कर्तव्यं यन्मयाद्य करिष्यति॥5॥

(पिता के इस प्रकार कहने पर नचिकेता एकान्त में अनुताप करता हुआ कहता है कि—) "मैं बहुत से शिष्यों में तो प्रथम कक्षा के आचरण में आया हूँ और अनेक छात्रों में (आचरण विषय में) मध्यम श्रेणी में चल रहा हूँ। (मैंने कभी निम्न कोटि का आचरण तो किया नहीं है, तो फिर पिताजी ने ऐसा क्यों कहा होगा?) यमराज का ऐसा कौन-सा कार्य हो सकता है कि जो मेरे द्वारा करवाकर पिताजी पूर्ण करेंगे?"

अनुपश्य यथा पूर्वे प्रतिपश्य तथा परे।
सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः॥6॥

(नचिकेता ने अपने पिता से कहा कि—) "हे पिता! पूर्वकाल में आपके पितामह आदि पूर्वज जिस प्रकार का आचरण करते आए हैं, उस पर विचार कीजिए और (वर्तमानकाल में भी) अन्य श्रेष्ठ लोग जिस प्रकार का आचरण कर रहे हैं, उस पर भी जरा नजर डालिए। (और उसके बाद आप अपने कर्तव्य के बारे में निर्णय कीजिएगा।) यह मरणशील मानव अन्न की तरह पकाया जाता है (अर्थात् जराजीर्ण होकर घिस-पिसकर मर जाता है।) और फिर अन्न की ही तरह फिर से उगता (जन्म लेता) है।

वैश्वानरः प्रविशत्यतिथिर्ब्राह्मणो गृहान्।
तस्यैताꣳ शान्तिं कुर्वन्ति हर वैवस्वतोदकम्॥7॥

(नचिकेता का वचन सुनकर पिता ने अपनी सत्यनिष्ठा साबित करने के लिए उसे यमराज के पास भेजा। पर यमराज के वहाँ उपस्थित न होने से नचिकेता ने तीन दिन और तीन रात तक राह देखी। यमराज के आने पर उनके सचिवों ने उन्हें सारी बात कहकर सलाह देते हुए कहा कि—) "हे

सूर्यपुत्र यमराज ! अतिथि होकर ब्राह्मण अग्नि (वैश्वानर) रूप से ही घर में प्रवेश करता है। सत्पुरुष ऐसे अतिथि की (अर्घ्य, पाद्य, दान आदि) ऐसे प्रकार से शान्ति करते हैं। इसलिए (इस ब्राह्मण अतिथि की शान्ति के लिए) जल आदि ले आइए।''

आशाप्रतीक्षे सङ्गतꣳ सूनृतां चेष्टापूर्ते पुत्रपशूꣳश्च सर्वान्।
एतद्वृङ्क्ते पुरुषस्याल्पमेधसो यस्यानश्नन्वसति ब्राह्मणो गृहे ॥8॥

जिसके घर में ब्राह्मण अतिथि बिना खाए रहता है, वह उस अल्प बुद्धि मनुष्य के लिए आशा-प्रतीक्षा अर्थात् प्राप्य और ज्ञात पदार्थों की इच्छाएँ, उन विषयों के संयोगजन्य फल, प्रियवाणी का फल, यज्ञ-यागादि के फल, कूप-उद्यानादि आपूर्तों का फल, पशु-पुत्रादि—सब कुछ नष्ट कर देता है।

तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मेऽनश्नन्ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्यः।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन्स्वस्ति मेऽस्तु तस्मात्प्रति त्रीन्वरान्वृणीष्व ॥9॥

(यमराज बोले—) ''हे ब्राह्मणदेव ! आप मेरे वन्दनीय अतिथि हैं। आपको नमस्कार हो। हे ब्राह्मण ! मेरा कल्याण हो। आप जो तीन रात तक मेरे घर में बिना भोजन किए रहे हैं, इसलिए आप मुझसे प्रत्येक रात्रि के बदले में एक-एक करके तीन वरदान माँग लें।''

शान्तसङ्कल्पः सुमना यथा स्याद्वीतमन्युर्गौतमो माभिमृत्यो।
त्वत्प्रसृष्टं माभिवदेत्प्रतीत एतत्त्रयाणां प्रथमं वरं वृणे ॥10॥

(तब नचिकेता ने कहा कि—) ''हे मृत्युदेव ! गौतमवंश में उत्पन्न हुए मेरे पिता उद्दालक मेरे प्रति शान्त संकल्पवाले, प्रसन्न चित्तवाले और क्रोध-खेद रहित हों और आपके द्वारा वापिस भेजा गया मैं जब उनके पास जाऊँ, तब वे मुझ पर विश्वास करके ('यह वही मेरा पुत्र नचिकेता है' ऐसा भाव रखकर) मेरे साथ वात्सल्यपूर्ण बातचीत करें, यह मैं मेरे तीन वरदानों में से प्रथम वरदान माँगता हूँ।''

यथा पुरस्ताद्भविता प्रतीत औद्दालकिरारुणिर्मत्प्रसृष्टः।
सुखꣳरात्रीः शयिता वीतमन्युस्त्वां ददृशिवान्मृत्युमुखात्प्रमुक्तम् ॥11॥

''मृत्युमुख से विमुक्त हुए तुमको देखकर मेरे द्वारा प्रेरित होकर, तुम्हारे पिता आरुणि (अरुणपुत्र) उद्दालक पहले की ही भाँति ('यह मेरा पुत्र नचिकेता ही है' ऐसा) विश्वास करके दुःख और क्रोध से रहित हो जाएँगे और वे अपने जीवन की शेष रात्रियों में सुखपूर्वक सोएँगे''—(ऐसा यमराज ने वरदान दिया।)

स्वर्गे लोके न भयं किंचनास्ति न तत्र त्वं न जरया बिभेति।
उभे तीर्त्वा अशनायापिपासे शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके ॥12॥

(तब नचिकेता ने कहा कि—) ''हे यमराज ! स्वर्गलोक में जरा-सा भी भय नहीं है। यहाँ मृत्युरूप आप स्वयं भी नहीं हैं। (आपका प्रभुत्व नहीं है) वहाँ वृद्धत्व से कोई डरता नहीं है। स्वर्गलोक में रहनेवाला मनुष्य भूख और प्यास—दोनों को पार करके, शोक को लाँघकर आनन्द प्राप्त करता है।

स त्वमग्निꣳ स्वर्ग्यमध्येषि मृत्यो प्रब्रूहि तꣳ श्रद्दधानाय मह्यम्।
स्वर्गलोका अमृतत्वं भजन्त एतद्द्वितीयेन वृणे वरेण ॥13॥

हे मृत्युदेव। आप तो स्वर्ग के साधनरूप अग्नि को जानते ही हैं। इसलिए मुझ श्रद्धावान् को आप उस अग्निविद्या को अच्छी तरह समझाकर बताइए। स्वर्ग में रहनेवाले लोग अमरत्व को प्राप्त करते हैं। इसलिए दूसरे वरदान के रूप में मैं यह वरदान माँगता हूँ।''

प्र ते ब्रवीमि तदु मे निबोध स्वर्ग्यमग्निं नचिकेतः प्रजानन्।
अनन्तलोकाप्तिमथो प्रतिष्ठां विद्धि त्वमेतं निहितं गुहायाम् ॥14॥

''हे नचिकेता ! स्वर्ग प्राप्त करानेवाली अग्निविद्या को अच्छी तरह से जाननेवाला मैं तुम्हें अच्छी तरह से कह देता हूँ। उसे तुम मुझसे भलीभाँति समझ लो। तुम इस अग्निविद्या को अविनाशी लोकों को प्राप्त करानेवाली और जगत् का आधाररूप एवं बुद्धिरूपी गुफा में छिपी हुई जानो।''—ऐसा यमराज ने कहा।

लोकादिमग्निं तमुवाच तस्मै या इष्टका यावतीर्वा यथा वा।
स चापि तत्प्रत्यवदद्यथोक्तमथास्य मृत्युः पुनरेवाह तुष्टः ॥15॥

इसलिए इसके बाद यमराज ने स्वर्गादि लोकों के आदिकारणरूप अग्निविद्या का उस नचिकेता को उपदेश दिया। उसमें कुण्ड आदि बनाने के लिए जितने कद की और जितनी संख्या में ईंटें जरूरी होती हैं तथा उनका चयन कैसे किया जाता है और किस प्रकार उनको व्यवस्थापित किया जाता है इत्यादि बातें भी बताईं। तब नचिकेता ने भी वह उपदेश जैसा सुना था, ठीक उसी तरह समझदारीपूर्वक उसी प्रकार से यमराज को कह दिखाया। उसके बाद यमराज उस पर सन्तुष्ट होकर फिर से उसको कहने लगे।

तमब्रवीत्प्रीयमाणो महात्मा वरं तवेहाद्य ददामि भूयः।
तवैव नाम्ना भविताऽयमग्निः सृंकां चेमामनेकरूपां गृहाण ॥16॥

(नचिकेता की अद्भुत बुद्धि को देखकर—) प्रसन्न हुए महात्मा यमराज नचिकेता से कहने लगे—''अब मैं यहाँ तुम्हें फिर से एक वर और ज्यादा यह देता हूँ कि यह अग्निविद्या तुम्हारे ही नाम से प्रसिद्ध होगी और इसके साथ ही तुम इस अनेक स्वरूपवाली रत्नमाला को स्वीकार करो।''

त्रिणाचिकेतस्त्रिभिरेत्य सन्धिं त्रिकर्मकृत्तरति जन्ममृत्यू।
ब्रह्मजज्ञं देवमीड्यं विदित्वा निचाय्येमाꣳ शान्तिमत्यन्तमेति ॥17॥

शास्त्रोक्त रीति से इस अग्नि का तीन बार अनुष्ठान करनेवाला मनुष्य ऋक्-यजुष्-साम—इन तीनों के साथ सम्बन्ध जोड़कर, यज्ञ-दान-तप—इन तीनों कर्मों को निष्काम भाव से करता हुआ जन्म और मृत्यु का अतिक्रमण कर लेता है। ब्रह्मा की उत्पन्न की गई समग्र सृष्टि को जानने वाले इस स्तुतियोग्य अग्निदेव को जानकर और उसका निष्कामभाव से अनुष्ठान करके मनुष्य परम शान्ति को प्राप्त करता है।

त्रिणाचिकेतस्त्रयमेतद्विदित्वा य एवंविद्वाꣳश्चिनुते नाचिकेतम्।
स मृत्युपाशान्पुरतः प्रणोद्य शोकातिगो मोदते स्वर्गलोके ॥18॥

ईंटों का स्वरूप, संख्या और अग्निचयनविधि—इन तीनों बातों को जानकर, 'नाचिकेत' नाम की अग्निविद्या का तीन बार अनुष्ठान करनेवाला कोई भी मनुष्य इस प्रकार जानता हुआ इस नाचिकेत अग्नि का चयन करता है, वह मनुष्य मृत्यु के फासले को अपने आगे ही (इस मनुष्य शरीर में ही) काटकर, शोक का अतिक्रमण करके स्वर्गलोक में आनन्द का अनुभव करता है।

एष तेऽग्निर्नचिकेतः स्वर्ग्यो यमवृणीथा द्वितीयेन वरेण।
एतमग्निं तवैव प्रवक्ष्यन्ति जनासस्तृतीयं वरं नचिकेतो वृणीष्व ॥19॥

(यमराज नचिकेता से कहते हैं कि—) "हे नचिकेता ! तुम्हें बताई गई यह स्वर्ग प्राप्त कराने वाली अग्निविद्या है, जिसे तुमने दूसरे वरदान के रूप में माँगा था। लोग इस अग्नि को अब से (भविष्य में) तुम्हारे ही नाम से कहा करेंगे। हे नचिकेता ! अब तुम तीसरा वरदान माँग लो"।

येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्येऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके।
एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणामेष वरस्तृतीयः ॥20॥

(तब तीसरा वरदान माँगते हुए नचिकेता कहता है कि—) "मरे हुए मनुष्य के विषय में यह जो संशय है कि कुछ लोग इस विषय में ऐसा कहते हैं कि मृत्यु के बाद आत्मा का अस्तित्व रहता है और कुछ लोग कहते हैं कि मरणोपरान्त आत्मा का अस्तित्व रहता ही नहीं है। आपके द्वारा उपदेश पाकर मैं इसके विषय में अच्छी तरह समझ लूँ—यह मेरा तीन वरदानों में से तीसरा वरदान है।"

देवैरत्रापि विचिकित्सितं पुरा न हि सुविज्ञेयमणुरेष धर्मः।
अन्यं वरं नचिकेतो वृणीष्व मा मोपरोत्सीरति मा सृजैनम् ॥21॥

(तब यमराज ने कहा कि—) "हे नचिकेता ! इस विषय में पूर्वकाल में देवों ने भी संदेह किया था। (पर वे भी समझ नहीं पाए थे) क्योंकि यह विषय बड़ा ही सूक्ष्म है और इसलिए यह सरलता से समझाया नहीं जा सकता। इसलिए कोई दूसरा वरदान माँग लो। इसी को देने के लिए मुझ पर दबाव मत डालो। यह आत्मज्ञान सम्बन्धी वरदान मुझे वापिस लौटा दो।"

देवैरत्रापि विचिकित्सितं किल त्वं च मृत्यो यन्न सुविज्ञेयमात्थ।
वक्ताऽस्य त्वादृगन्यो न लभ्यो नान्यो वरस्तुल्य एतस्य कश्चित् ॥22॥

(तब नचिकेता ने यमराज से कहा कि—) "हे यमराज ! आपने जो यह कहा कि देवों ने भी इस विषय पर विचार किया था (परन्तु वे भी निर्णय नहीं कर पाए थे) और यह विषय सरलता से जाना जा सके, ऐसा भी नहीं है। इतना ही नहीं, पर ऐसे विषय को समझानेवाला आपके सिवाय तो कोई मिलनेवाला भी नहीं है। (अतः मेरी समझ में तो यही आता है कि—) इसके सिवा कोई अच्छा वरदान है ही नहीं।"

शतायुषः पुत्रपौत्रान्वृणीष्व बहून्पशून्हस्तिहिरण्यमश्वान्।
भूमेर्महदायतनं वृणीष्व स्वयं च जीव शरदो यावदिच्छसि ॥23॥

(तब यमराज ने नचिकेता को प्रलोभन देते हुए कहा कि—) "हे नचिकेता ! तुम सौ वर्षों की आयुवाले पुत्र-पौत्रादि को और बहुत-से पशुओं को, हाथियों को, सोने को और घोड़ों को भी माँग लो। भूमण्डल के बड़े विस्तृत साम्राज्य को भी माँग लो। तुम स्वयं भी जितने वर्ष चाहो, उतने वर्ष जिओ"।

एतत्तुल्यं यदि मन्यसे वरं वृणीष्व वित्तं चिरजीविकां च।
महाभूमौ नचिकेतस्त्वमेधि कामानां त्वां कामभाजं करोमि ॥24॥

हे नचिकेता ! धन, सम्पत्ति एवं चिरकालपर्यन्त रहनेवाली आजीविका को तुम यदि इस आत्मज्ञानविषयक वरदान के तुल्य मानते हो, तो इसे माँग लो और तुम इस पृथ्वीलोक में बड़े सम्राट् बन जाओ। मैं तुम्हें सभी उत्तमोत्तम भोगों को भोगनेवाला बना दूँगा।

ये ये कामा दुर्लभा मर्त्यलोके सर्वान्कामाꣳश्छन्दतः प्रार्थयस्व।

इमा रामाः सरथाः सतूर्या न हीदृशा लम्भनीया मनुष्यैः।
आभिर्मत्प्रत्ताभिः परिचारयस्व नचिकेतो मरणं मानुप्राक्षीः ॥25॥

इस मनुष्यलोक में जो-जो भोग दुर्लभ हैं, उन सभी प्रकार के भोगों को अपनी इच्छानुसार माँग लो। रथों और विविध प्रकार के वाद्यों के साथ इन स्वर्ग की अप्सराओं को अपने साथ ले जाओ। मनुष्यों को ऐसी स्त्रियाँ कभी मिल नहीं सकतीं। मेरे द्वारा दी गई इन स्त्रियों के द्वारा तुम अपनी सेवा करवाओ। परन्तु हे नचिकेता ! मरणोत्तर आत्मा की स्थिति के विषय में मुझसे मत पूछो।"

श्वोभावा मर्त्यस्य यदन्तकैतत्सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः।
अपि सर्वं जीवितमल्पमेव तवैव वाहास्तव नृत्तगीते ॥26॥

यमराज के पूर्वोक्त प्रलोभन में न आते हुए नचिकेता ने कहा—"हे यमराज ! आपके द्वारा वर्णित ये क्षणभंगुर भोग और उनसे प्राप्त किया जानेवाला सुख तो मनुष्य के अन्तःकरण सहित इन्द्रियों का जो तेज है, उसे क्षीण कर देते हैं। तदुपरान्त यह आयु चाहे कितनी भी लम्बी क्यों न हो, पर वास्तव में तो स्वल्प ही है। इसलिए आपके ये रथ आदि वाहन और अप्सराओं के ये नाच-गान आपके पास ही रहने दीजिए। (मुझे इनकी कोई आवश्यकता नहीं है।)

न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्त्वा।
जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं वरस्तु मे वरणीयः स एव ॥27॥

मनुष्य को धन से कभी भी तृप्त नहीं किया जा सकता। जब हमने आपके दर्शन कर ही लिये हैं, तब धन को हम ऐसे ही प्राप्त कर लेंगे और जहाँ तक आप शासन करते रहेंगे, वहाँ तक तो हम ऐसे ही आवश्यक रूप से जिएँगे ही। इसलिए उन सबको माँगने का प्रयोजन ही क्या है ? इसलिए मेरे लिए माँगने लायक वरदान तो वही (आत्मज्ञान ही) है।

अजीर्यतामृतानामुपेत्य जीर्यन्मर्त्यः क्वधस्थः प्रजानन्।
अभिध्यायन्वर्णरतिप्रमोदानतिदीर्घे जीविते को रमेत ॥28॥

"यह मनुष्य जीर्ण होने वाला और मरणधर्मा है।"—इस बात को अच्छी तरह जाननेवाला मानवलोक का कौन निवासी ऐसा होगा जो आपके जैसे जरारहित और अमर आत्माओं का सहवास पाकर भी स्त्रियों के सौन्दर्य, क्रीडा और आमोद-प्रमोद का बार-बार चिन्तन करके अतिदीर्घकाल तक भी जीवित रहने में आनन्द मानेगा ?

यस्मिन्निदं विचिकित्सन्ति मृत्यो यत्साम्पराये महति ब्रूहि नस्तत्।
योऽयं वरो गूढमनुप्रविष्टो नान्यं तस्मान्नचिकेता वृणीते ॥29॥

इति प्रथमेऽध्याये प्रथमा वल्ली।

हे यमराज ! जिस महान् आश्चर्यमय पारलौकिक आत्मज्ञान के विषय में मनुष्य लोग ऐसी शंका करते हैं कि मृत्यु होने के बाद यह आत्मा रहता है या नहीं ? तो इसके विषय में आपका जो निर्णय हो, वह मुझे कहिए। मेरा जो यह गंभीर वरदान है, इससे अलग अन्य कोई वरदान नचिकेता नहीं माँगता।

इस प्रकार कठोपनिषद् के प्रथम अध्याय की प्रथम वल्ली समाप्त हुई।

❋

द्वितीया वल्ली

अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेयस्ते उभे नानार्थे पुरुषꣳसिनीतः ।
तयोः श्रेय आददानस्य साधुर्भवति हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीते ॥1॥

कल्याणकारिणी विद्या (श्रेय) अलग ही है और प्रिय लगनेवाले भोगों का साधन (प्रेय) भी अलग ही है। अलग-अलग फल देनेवाले होने पर भी ये दोनों साधन मनुष्य को अपनी-अपनी ओर आकर्षित करते हैं (मनुष्य को बाँधते हैं)। इन दोनों में से श्रेय के (कल्याण के) साधन को ग्रहण करने वाले का कल्याण होता है, पर जो प्रेय को (सांसारिक उन्नति के साधन को) ग्रहण करते हैं, वे पारमार्थिक सुख से वंचित रह जाते हैं।

श्रेयश्च प्रेयश्च मनुष्यमेतस्तौ सम्परीत्य विविनक्ति धीरः ।
श्रेयो हि धीरोऽभिप्रेयसो वृणीते प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद्वृणीते ॥2॥

श्रेय और प्रेय—ये दोनों मनुष्य के आगे आते हैं। बुद्धिमान मनुष्य इन दोनों के ऊपर ठीक तरह से सोचकर उन्हें अलग-अलग से जान लेता है और वह धीर (बुद्धिवाला) मनुष्य प्रेयस् (भोगसाधन) की अपेक्षा श्रेयस् (परम कल्याण के साधन) को ही श्रेष्ठ मानकर प्रसन्न होता है, जब कि मन्दबुद्धिवाला मनुष्य लौकिक योगक्षेम की कामना से प्रेय को (भोग साधन को) अपनाता है।

स त्वं प्रियान्प्रियरूपाꣳश्च कामानभिध्यायन्नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः ।
नैतां सृङ्कां वित्तमयीमवाप्तो यस्यां मज्जन्ति बहवो मनुष्याः ॥3॥

हे नचिकेता ! इन मनुष्यों में तुम एक ऐसे निःस्पृह हो कि जिसने अत्यन्त सुन्दर ऐसे इहलोक और परलोक के सभी भोगों को छोड़ दिया ! इस सम्पत्तिरूप शृंखला को तोड़कर तुमने इसे अपनाया नहीं ! (तुम बन्धन में नहीं फँसे) जिसमें बहुत-से आदमी फँस जाते हैं।

दूरमेते विपरीते विषूची अविद्या या च विद्येति ज्ञाता ।
विद्याभीप्सितं नचिकेतसं मन्ये न त्वा कामा बहवोऽलोलुपन्तः ॥4॥

'विद्या' और 'अविद्या' के नाम से प्रसिद्ध ये दोनों (श्रेय और प्रेय) परस्पर अत्यन्त विपरीत और भिन्न-भिन्न फल देने वाली हैं। तुम नचिकेता को मैं विद्या का अभिलाषी मानता हूँ, क्योंकि बहुत से भोग तुमको प्रलोभित नहीं कर सके हैं।

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डितं मन्यमानाः ।
दन्द्रम्यमाणाः परियन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः ॥5॥

अविद्या में रहने पर भी अपने को पण्डित और बुद्धिमान् माननेवाले भोगेच्छु मूढ़ मानव विविध योनियों में बार-बार भटक कर, अन्धों से प्रेरित (अवलम्बित) होकर अन्धों की ही तरह इधर-उधर भटकते रहते हैं।

न साम्परायः प्रतिभाति बालं प्रमाद्यन्तं वित्तमोहेन मूढम् ।
अयं लोको नास्ति पर इति मानी पुनः पुनर्वशमापद्यते मे ॥6॥

इस तरह सम्पत्ति के मोह से मूढ़ बने हुए और सदैव प्रमाद करते हुए अज्ञानी को परलोक दिखाई ही नहीं देता। (वह तो ऐसा ही समझता है कि—) यह प्रत्यक्ष दिखाई देनेवाला लोक ही सत्य है,

इसके सिवाय स्वर्ग-नरक आदि कुछ है ही नहीं। ऐसा माननेवाला अभिमानी मनुष्य बार-बार मेरे (यमराज के) वश में आ जाता है।

श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्यः शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विदुः ।
आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धाश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः ॥7॥

जो आत्मतत्त्व बहुत-से लोगों को तो सुनने के लिए भी नहीं मिल पाता; जिस आत्मतत्त्व को बहुत-से लोग सुनकर भी नहीं समझ पाते हैं; इस गूढ आत्मतत्त्व का वर्णन करनेवाला आश्चर्यमय (बहुत दुर्लभ) ही है और उसे प्राप्त करनेवाला अत्यंत कुशल (निपुण) पुरुष भी दुर्लभ ही है। जिसको कुशल आचार्य ने उपदेश दिया है और जिसने आत्मतत्त्व जान लिया है, वह तो अतिदुर्लभ है।

न नरेणावरेण प्रोक्त एष सुविज्ञेयो बहुधा चिन्त्यमानः ।
अनन्यप्रोक्ते गतिरत्र नास्त्यणीयान्ह्यतर्क्यमणुप्रमाणात् ॥8॥

अल्पज्ञ मनुष्य के द्वारा कहे जाने पर और उसी परिधि में ही बहुत चिन्तन किए जाने पर भी यह आत्मतत्त्व सरलता (सहजता) से समझा नहीं जा सकता। यदि किसी ज्ञानी पुरुष द्वारा उपदेश न किया जाए तो इस विषय में मनुष्य का प्रवेश नहीं हो सकता। क्योंकि यह आत्मतत्त्व तो सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है। इसलिए तर्क से अतीत है। (अर्थात् इसके विषय में तर्क भी नहीं किया जा सकता।)

नैषा तर्केण मतिरापणीया प्रोक्तान्येनैव सुज्ञानाय प्रेष्ठ ।
यां त्वमापः सत्यधृतिर्बतासि त्वादृङ्नो भूयान्नचिकेतः प्रष्टा ॥9॥

हे प्रियतम ! (नचिकेता !) तुमने जो यह बुद्धि प्राप्त की है, वह तर्क के द्वारा नहीं प्राप्त की जा सकती। यह बुद्धि तो अन्य शास्त्रज्ञ आचार्य के द्वारा कही जाए तभी आत्मज्ञान के लिए उपयोगी होती है। सचमुच तुम बड़े ही धैर्यशाली पुरुष हो। हे नचिकेता ! हम चाहते हैं कि तुम्हारे जैसा प्राश्निक हमें मिले।

जानाम्यहꣳ शेवधिरित्यनित्यं न ह्यध्रुवैः प्राप्यते हि ध्रुवं तत् ।
ततो मया नचिकेतश्चितोऽग्निरनित्यैर्द्रव्यैः प्राप्तवानस्मि नित्यम् ॥10॥

मैं जानता हूँ कि कर्मफलों का खजाना अनित्य ही है। क्योंकि अनित्य (विनाशी) वस्तुओं से परमात्मस्वरूप यह नित्य वस्तु प्राप्त नहीं हो सकती। इसलिए मैंने कर्तव्यबुद्धि से अनित्य पदार्थों के द्वारा 'नचिकेत' नाम की अग्नि का चयन किया है। इन्हीं अनित्य पदार्थों से मैं इस सापेक्ष नित्य (यमराजपद) को प्राप्त कर सका हूँ।

कामस्याप्तिं जगतः प्रतिष्ठां क्रतोरनन्त्यमभयस्य पारम् ।
स्तोममहदुरुगायं प्रतिष्ठां दृष्ट्वा धृत्या धीरो नचिकेतोऽत्यस्राक्षीः ॥11॥

हे नचिकेता ! जो सभी प्रकार के भोगों की चरमसीमा है, जो जगत् का आधार है, जो यज्ञ का चिरस्थायी फल है, जो निर्भयता का अन्तिम छोर है, जो स्तुति करने योग्य है और जो महत्त्वपूर्ण है तथा जिसके गुणानुवाद वेदों में तरह-तरह से गाए गए हैं, जो लम्बे समय तक स्थायी है—ऐसे स्वर्गलोक को देखकर भी तुमने धैर्यपूर्वक उसका त्याग कर दिया ! इसलिए मैं मानता हूँ कि तुम बहुत ही बुद्धिमान् हो।

तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम् ।
अध्यात्मयोगाधिगमेन देवं मत्वा धीरो हर्षशोकौ जहाति ॥12॥

योगमाया के पर्दे में छिपे हुए, सर्वव्यापी, सभी की हृदयरूपी गुहा में स्थित (और इसलिए) संसाररूपी गहन वन में बसनेवाले, सनातन, कदाचित् ही दिखाई देनेवाले उस परमात्मदेव को विशुद्ध बुद्धिवाला साधक अध्यात्मयोग की प्राप्ति के द्वारा जान-पहचान कर हर्ष और शोक को छोड़ देता है।

एतच्छ्रुत्वा सम्परिगृह्य मर्त्यः प्रवृह्य धर्म्यमणुमेतमाप्य ।
स मोदते मोदनीयꣳ हि लब्ध्वा विवृतꣳ सद्म नचिकेतसं मन्ये ॥13॥

मरणशील मनुष्य जब इस धर्ममय उपदेश को सुनकर, उसे अच्छी तरह ग्रहण कर, (और) उसके ऊपर विवेकपूर्वक विचार करके, इस सूक्ष्म आत्मतत्त्व को जानकर जब उसका अनुभव कर लेता है तब वह आनन्दस्वरूप परब्रह्म पुरुषोत्तम को प्राप्त करके आनन्द में ही मग्न हो जाता है। तुम नचिकेता के लिए तो मैं, उस परमधाम के द्वार खुले ही हैं, ऐसा मानता हूँ।''

अन्यत्र धर्मादन्यत्राधर्मादन्यत्रास्मात्कृताकृतात् ।
अन्यत्र भूताच्च भव्याच्च यत् पश्यसि तद्वद ॥14॥

(यमराज के वचन सुनकर नचिकेता ने कहा कि—यदि मैं मोक्षयोग्य होऊँ और यदि आप मुझ पर प्रसन्न हों तो—) आप जिस परमात्मा को धर्म से अतीत, अधर्म से भी अतीत तथा कारण और कार्यरूप इस जगत् से भी अतीत (परे) अतिक्रान्त तथा भूतकाल एवं भविष्यकाल से भी अतिक्रान्त मानते हैं, उस परमात्मा के विषय में कहिए।''

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपाꣳसि सर्वाणि च यद्वदन्ति ।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदꣳ संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ॥15॥

(नचिकेता के ऐसा पूछने पर यमराज ने कहा कि—) ''सभी वेद जिस परमतत्त्व का बार-बार प्रतिपादन करते हैं, सभी तप भी जिस पद को अपना लक्ष्य मानते हैं, जिसको चाहनेवाले साधकगण ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं, वह पद मैं तुम्हें संक्षेप में बताता हूँ। वह 'ओम्' इस प्रकार का एक अक्षर है।

एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतदेवाक्षरं परम् ।
एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् ॥16॥

(अतः) यह (एक) अक्षर ही (अपर) ब्रह्म है। यह एक अक्षर ही (पर) ब्रह्म है। इस अक्षर को जानकर जो मनुष्य जैसी इच्छा करता है, उसे वह मिल ही जाता है।

एतदालम्बनꣳ श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते ॥17॥

(ऐसा है इसलिए—) यह ॐकार ही परब्रह्म की प्राप्ति के लिए (अन्य) सभी प्रकार के आधारों से श्रेष्ठ आधार है और यही सभी का अन्तिम आश्रय है। 'इससे बड़ा कोई भी आलम्बन नहीं है'—ऐसा अच्छी तरह से जानकर जो साधक श्रद्धा और प्रेम से उसका आश्रय लेता है, वह सचमुच परमात्मप्राप्ति का गौरव प्राप्त करता है।

न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित् ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥18॥

यह ज्ञानस्वरूप आत्मा जन्मता नहीं और मरता भी नहीं है। यह आत्मा किसी और पदार्थ से उत्पन्न नहीं होता और इस आत्मा से भी कोई पदार्थ उत्पन्न नहीं होता। (तात्पर्य यह कि यह आत्मा किसी का कार्य भी नहीं है और कारण भी नहीं है।) यह आत्मा अजन्मा, नित्य, सदा एकसमान रहनेवाला और पुरातन (क्षय-वृद्धिहीन) है। शरीर का नाश होने पर भी इसका नाश नहीं किया जा सकता।

हन्ता चेन्मन्यते हन्तुꣳ हतश्चेन्मन्यते हतम् ।
उभौ तौ न विजानीतो नायꣳ हन्ति न हन्यते ॥19॥

यदि कोई मारनेवाला व्यक्ति आत्मा को मारने में अपने को समर्थ माने अथवा यदि कोई मरनेवाला आदमी अपने आत्मा को मरा हुआ माने, वे दोनों आत्मा के सही स्वरूप को नहीं जानते। क्योंकि यह आत्मा किसी को मारता भी नहीं और किसी के द्वारा मारा भी नहीं जा सकता।

अणोरणीयान्महतो महीयानात्माऽस्य जन्तोर्निहितो गुहायाम् ।
तमक्रतुः पश्यति वीतशोको धातुप्रसादान्महिमानमात्मनः ॥20॥

इस जीवात्मा की हृदयरूपी गुफा में रहनेवाला परमात्मा सूक्ष्म से भी सूक्ष्म और महान् से भी महान् है। परमात्मा की उस महिमा को कामनारहित और चिन्तारहित कोई विरल साधक ही सर्वाधार परमात्मा की कृपा से ही देख पाता है।

आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतः ।
कस्तं मदामदं देवं मदन्यो ज्ञातुमर्हति ॥21॥

वह परमात्मा बैठा हुआ भी दूर तक पहुँच जाता है। सोया हुआ भी चारों ओर चलता रहता है। ऐश्वर्य के मद से उन्मत्त न होनेवाले उस देव को मेरे सिवा दूसरा भला कौन जान सकने में समर्थ है ?

अशरीरꣳ शरीरेष्वनवस्थेष्ववस्थितम् ।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति ॥22॥

जो परमात्मा अस्थिर (विनाशशील) शरीरों में शरीररहित परन्तु अचल भाव से स्थित है, उस महान् सर्वव्यापी परमात्मा को जानकर बुद्धिमान् पुरुष कभी भी किसी भी कारण से शोक नहीं करता।

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन ।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूꣳ स्वाम् ॥23॥

यह परब्रह्म परमात्मा वेदाध्ययन (प्रवचन) से प्राप्त करने योग्य नहीं है एवं धारणाशक्ति से अथवा बहुत शास्त्रों के श्रवण से भी प्राप्त करने योग्य नहीं है। यह (साधक) जिस (आत्मा) का वरण करता है अर्थात् स्वीकार करता है, उसी के द्वारा प्राप्त करने के योग्य है और ऐसे साधक के प्रति (ही) परमात्मा अपने स्वरूप को प्रकट करता है।

नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः ।
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात् ॥24॥

दुराचरण से निवृत्त हुए बिना, सूक्ष्म बुद्धि होने पर भी वह (परमात्मा) प्राप्त नहीं किया जा सकता। जो मनुष्य अशान्त है, जो मन और इन्द्रियों को अपने वश में नहीं रख सकता है, जिसका मन शान्त नहीं है, ऐसा मनुष्य भी परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकता।

यस्य ब्रह्म च क्षत्रं च उभे भवत ओदनः।
मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः ॥25॥

इति प्रथमेऽध्याये द्वितीया वल्ली।

संहारकाल में जिस परमात्मा के ब्राह्मण और क्षत्रिय—ये दोनों (अर्थात् प्राणीमात्र) खाद्यान्न बन जाते हैं और सर्वसंहारक मृत्यु जिसका उपसेचन (व्यंजन - तरकारी आदि) बन जाता है, वह परमेश्वर जहाँ और जैसा है, उसे ठीक तरह से भला कौन जान सकता है ?

इस प्रकार कठोपनिषद् के प्रथम अध्याय की दूसरी वल्ली समाप्त हुई।

❋

तृतीया वल्ली

ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्धे।
छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः ॥1॥

शुभ कर्मों के फलस्वरूप मनुष्य-शरीर में स्थित परब्रह्म के उत्तम निवासस्थान ऐसे हृदयाकाश में अर्थात् बुद्धिरूपी गुफा में छिपे हुए और सत्य का पान करनेवाले दो तत्त्व हैं। वे दोनों छाया और आतप (धूप) की भाँति भिन्न हैं—ऐसा ब्रह्मवेत्ता ज्ञानी महापुरुष कहते हैं। और यही बात तीन बार 'नाचिकेत' अग्नि का चयन करने वाले एवं पञ्चाग्नि की उपासना करनेवाले गृहस्थ भी तो कहते हैं।

यः सेतुरीजानानामक्षरं ब्रह्म यत्परम्।
अभयं तितीर्षतां पारं नाचिकेतः शकेमहि ॥2॥

जो यज्ञ करनेवालों के लिए दुःखसागर का अतिक्रमण करने के लिए सेतुरूप है, उस 'नाचिकेत' अग्नि को और संसार-समुद्र को पार करने की इच्छावालों के लिए जो भयरहित पद है और परम आश्रय है, उस अविनाशी परब्रह्म परमात्मा को जानने में (प्राप्त करने में) हम समर्थ हैं।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥3॥

हे नचिकेता ! तुम जीवात्मा को रथ का मालिक (रथ में बैठकर जानेवाला) जानो और शरीर को ही रथ मानो। बुद्धि को सारथी जानो और मन को लगाम समझो।

इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥4॥

ज्ञानी लोग इस रूपक में इन्द्रियों को अश्व कहते हैं और शब्द-स्पर्श-रूपादि विषयों को उन अश्वों के लिए चलने का मार्ग कहते हैं तथा शरीर-मन-इन्द्रियों से युक्त आत्मा को 'भोक्ता' कहते हैं।

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्ययुक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः ॥5॥

जो मनुष्य सदैव विवेकहीन बुद्धिवाला और अयुक्त चंचल मन वाला होता है, उसकी इन्द्रियाँ असावधान सारथि के दुष्ट अश्वों की तरह वश में रहनेवाली नहीं होतीं।

यस्तु विज्ञानवान्भवति युक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः ॥6॥

परन्तु जो मनुष्य सदा विवेकसम्पन्न और मनोजयी होता है, उसकी इन्द्रियाँ सावधान सारथि के उत्तम अश्वों की तरह वश में रहती हैं।

यस्त्वविज्ञानवान्भवत्यमनस्कः सदाऽशुचिः।
न स तत्पदमाप्नोति संसारं चाधिगच्छति ॥7॥

परन्तु जो मनुष्य सदा विवेकहीन बुद्धिवाला, असंयमी चित्तवाला और अपवित्र रहता है, वह उस परमपद को प्राप्त नहीं कर सकता। परन्तु बार-बार जन्म-मरणरूप संसारचक्र में ही भटकता रहता है।

यस्तु विज्ञानवान्भवति समनस्कः सदा शुचिः।
स तु तत्पदमाप्नोति यस्माद्भूयो न जायते ॥8॥

परन्तु जो मनुष्य सर्वदा विवेकशील बुद्धि से युक्त, संयत चित्तवाला और पवित्र रहता है, वह तो उस परमपद को प्राप्त कर ही लेता है जिससे कि वह फिर से जन्म ग्रहण नहीं करता।

विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान्नरः।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥9॥

जो कोई भी मनुष्य यदि विवेकशील बुद्धिरूपी सारथि से युक्त होता है और जो अपने मन को वश में रखता है, तो वह संसारमार्ग को पार करके उस व्यापक परमात्मा (विष्णु) के पद को प्राप्त करता है।

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः ॥10॥

क्योंकि इन्द्रियों की अपेक्षा शब्दादि विषय बलवान् हैं, शब्दादि विषयों की अपेक्षा मन बलवान् है, मन की अपेक्षा बुद्धि बलवती है और बुद्धि की अपेक्षा महान् आत्मा (महत्तत्त्व) बलवान् है। (महत्तत्त्व बलवत्तम है)। (अथवा बुद्धि की अपेक्षा जीवात्मा बलवान है—ऐसा अर्थ भी लिया जा सकता है।)

महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः।
पुरुषान्न परं किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गतिः ॥11॥

महत्तत्त्व की (अथवा जीवात्मा की) अपेक्षा अव्यक्त (मूल प्रकृति या ईश्वर की माया) बलवती है और उस अव्यक्त से (मूल प्रकृति या माया से) पुरुष (परमेश्वर) श्रेष्ठ है। पुरुष (परमात्मा) से अधिक श्रेष्ठ कुछ भी नही है। वह सबकी पराकाष्ठा है, वही परम गति है।

एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
दृश्यते त्वग्र्या बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः ॥12॥

इस समस्त जगत् का आत्मरूप यह परमपुरुष सभी प्राणियों में रहता हुआ भी माया के आवरण में छिपा होने के कारण प्रत्यक्ष नहीं होता। केवल सूक्ष्मतत्त्व को समझनेवाले लोगों के द्वारा ही अति सूक्ष्म (तीक्ष्ण) बुद्धि से देखा जा सकता है।

यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञस्तद्यच्छेज्ज्ञान आत्मनि।
ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छान्त आत्मनि ॥13॥

बुद्धिमान् साधक को पहले वाणी आदि सभी इन्द्रियों का मन में निरोध करना चाहिए। फिर उस मन का ज्ञानस्वरूप बुद्धि में विलीनीकरण करना चाहिए; बुद्धि का महत्तत्त्व में लय कर देना चाहिए और महत्तत्त्व का शान्तस्वरूप परमपुरुष में लय कर देना चाहिए।

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति ॥14॥

(ओ मनुष्यो!) उठो, जागो (सावधान बन जाओ और—) श्रेष्ठ महापुरुषों से मिलकर उनके द्वारा परब्रह्म परमेश को जान लो। क्योंकि त्रिकालज्ञ तत्त्वज्ञानी लोग इस तत्त्वज्ञान के मार्ग को छुरे की तीक्ष्ण धार के समान दुस्तर कहते हैं।

अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथाऽरसं नित्यमगन्धवच्च यत्।
अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं निचाय्य तन्मृत्युमुखात्प्रमुच्यते ॥15॥

जो परमतत्त्व शब्दरहित, स्पर्शरहित, रूपरहित, रसरहित और गन्धरहित है और जो अविनाशी, नित्य, अनादि, अनन्त (अन्तरहित) और महत्तत्त्व से (अथवा जीवात्मा से) भी उच्चतर है, जो सर्वथा सत्यस्वरूप उस परमात्मा को जानकर मनुष्य मृत्यु के मुख से सदा के लिए मुक्त हो जाता है।

नाचिकेतमुपाख्यानं मृत्युप्रोक्तꣳ सनातनम्।
उक्त्वा श्रुत्वा च मेधावी ब्रह्मलोके महीयते ॥16॥

यमराज के द्वारा कहे गए और नचिकेता के द्वारा सुने गए इस सनातन आख्यान को कहकर और सुनकर बुद्धिमान् मनुष्य ब्रह्मलोक में महिमान्वित होता है (प्रतिष्ठित होता है)।

य इमं परमं गुह्यं श्रावयेद्ब्रह्मसंसदि।
प्रयतः श्राद्धकाले वा तदानन्त्याय कल्पते ॥
तदानन्त्याय कल्पत इति ॥17॥

इति प्रथमेऽध्याये तृतीया वल्ली।

इति प्रथमोऽध्यायः समाप्तः ॥1॥

जो मनुष्य सर्वथा शुद्ध होकर इस परम गुह्य (रहस्यमय) प्रसंग को ब्राह्मणों की सभा में सुनाता है अथवा श्राद्ध के समय में भोजन करनेवाले लोगों को सुनाता है, उसका वह सुनाने का कर्म अविनाशी और असीम फल देने में समर्थ होता है, अनन्त फलवाला होता है।

इस प्रकार कठोपनिषद् के प्रथम अध्याय में तीसरी वल्ली समाप्त हुई।

❋

अथ द्वितीयोऽध्यायः

चतुर्थी वल्ली

पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्।
कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन् ॥1॥

स्वयंभू (स्वयं ही प्रकट होनेवाले) परमेश्वर ने सभी इन्द्रियाँ बाहर की ओर जानेवाली बनाकर क्षीण (मर्यादित) कर दी हैं। इसलिए मनुष्य इन्द्रियों से बहुधा बाहर की वस्तुओं को ही देख पाता है, किन्तु अन्तरात्मा को नहीं देख पाता। जिस मनुष्य ने अमरत्व की इच्छा करके अपनी इन्द्रियों को बाह्य विषयों की ओर से खींचकर भीतर संयमित रखा है, वही दुर्लभ मनुष्य प्रत्यगात्मा को देख सकता है।

पराचः कामाननुयन्ति बालास्ते मृत्योर्यन्ति विततस्य पाशम्।
अथ धीरा अमृतत्वं विदित्वा ध्रुवमध्रुवेष्विह न प्रार्थयन्ते ॥2॥

परन्तु जो मूर्ख मनुष्य बाह्य भोगों का अनुसरण करते हैं (उन भोगों में ही रममाण रहते हैं), वे तो चारों ओर फैले हुए मृत्यु के पाश में (बन्धन में) फँस जाते हैं। परन्तु बुद्धिमान् मनुष्य अमृतत्व को निश्चल मानकर संसार के अनित्य पदार्थों में से किसी भी पदार्थ को प्राप्त करने की इच्छा नहीं करते।

येन रूपं रसं गन्धं शब्दान्स्पर्शाꣳश्च मैथुनान्।
एतेनैव विजानाति किमत्र परिशिष्यते। एतद्वै तत् ॥3॥

जिसके अनुग्रह से मनुष्य शब्दों को, स्पर्शों को, रूपसमुदाय को, रससमुदाय को, गन्धसमुदाय को और मैथुन (स्त्रीसंग) आदि सुखों का अनुभव करता है; और उसी के अनुग्रह से इन सबके होते हुए यहाँ बाकी क्या रह जाता है (जो उनसे बाकी अर्थात् शेष रहता है) वही यह तत्त्व ब्रह्म है (जिसे तुम नचिकेता ने पूछा था।)

स्वप्नान्तं जागरितान्तं चोभौ येनानुपश्यति।
महान्तं विभुमात्मानं मत्वा धीरो न शोचति ॥4॥

स्वप्नावस्था के दृश्यों और जागरितावस्था के दृश्यों (दोनों अवस्थाओं के दृश्यों) को मनुष्य जिसके कारण देखता है, उस सर्वश्रेष्ठ, सर्वव्यापी सर्वात्मा को जानकर बुद्धिमान् मनुष्य शोक नहीं करता।

य इमं मध्वदं वेद आत्मानं जीवमन्तिकात्।
ईशानं भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते। एतद्वै तत् ॥5॥

जो मनुष्य इस कर्मफलभोक्ता जीवरूप आत्मा को ही भूतकाल और भविष्यत्काल के शासक के रूप में (परमेश्वर के रूप में) जानता है, फिर वह उस आत्मा की रक्षा करने की इच्छा नहीं करता। वही यह आत्मतत्त्व है।

यः पूर्वं तपसो जातमद्भ्यः पूर्वमजायत।
गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तं यो भूतेभिर्व्यपश्यत। एतद्वै तत् ॥6॥

सबसे पहले जल में से जो तप के द्वारा हिरण्यगर्भ के रूप में प्रकट हुआ था, उसी को मुमुक्षु बुद्धिरूपी गुहा में सर्वभूतों के साथ प्रविष्ट हुआ देखता है, वही ब्रह्म है। वही यह है।

या प्राणेन सम्भवत्यदितिर्देवतामयी।
गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तीं या भूतेभिर्व्यजायत। एतद्वै तत् ॥7॥

और भी, जो देवतामयी अदिति प्राणरूप से प्रकट होती है, जो प्राणियों के साथ उत्पन्न हुई है और हृदयरूपी गुहा में प्रवेश करके वहाँ रहती है, उसे उस रूप में पुरुष जो देखता है, वही ब्रह्म है अर्थात् वही यह है।

अरण्योर्निहितो जातवेदा गर्भ इव सुभृतो गर्भिणीभिः।
दिवे दिव ईड्यो जागृवद्भिर्हविष्मद्भिर्मनुष्येभिरग्निः। एतद्वै तत् ॥8॥

और भी, जो सर्वज्ञ अग्निदेव गर्भिणी स्त्रियों द्वारा सुयोग्य खान-पान के द्वारा पोषित गर्भ की तरह दो अरणियों में सुरक्षित रहता है तथा सावधान एवं होमसामग्रीयुक्त पुरुषों द्वारा प्रतिदिन स्तुतियोग्य है, यही वह ब्रह्म है। (यहाँ अरणीस्थ अग्नि में ब्रह्मदृष्टि बताई है।)

यतश्चोदेति सूर्योऽस्तं यत्र च गच्छति।
तं देवाः सर्वेऽर्पितास्तदु नात्येति कश्चन। एतद्वै तत् ॥9॥

(और भी प्राण में ब्रह्मदृष्टि बताते हैं कि) जहाँ से सूर्य उदित होता है और जहाँ अस्त होता है, जिस प्राणात्मा में (अग्नि आदि और जल आदि) सभी देव रहते हैं उस परमेश्वर को कोई भी कभी भी अतिक्रान्त नहीं कर सकता, यही वह ब्रह्म है।

यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह।
मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति ॥10॥

जो परमतत्त्व यहाँ (देहेन्द्रिय संधान में) भासित होता है, वही अन्यत्र (देहादि संघात के परे) भी है और जो अन्यत्र है, वही यहाँ भी है। जो मनुष्य इस तत्त्व में नानात्व (विभिन्नता) देखता है, वह एक मृत्यु से दूसरे मृत्यु को अर्थात् बार-बार जन्म और मरण को प्राप्त हुआ करता है।

मनसैवेदमाप्तव्यं नेह नानाऽस्ति किंचन।
मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति ॥11॥

शुद्ध मन से ही यह परमात्मतत्त्व प्राप्त किया जा सकता है। इस जगत् में केवल एक परमात्मा के सिवा भिन्न-भिन्न भाव कोई भी नहीं है। इसलिए इस जगत् में जो कोई भी अनेक की तरह देखता है, वह मनुष्य बार-बार जन्मता है और बार-बार मृत्यु को प्राप्त होता है।

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषो मध्य आत्मनि तिष्ठति।
ईशानो भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते। एतद्वै तत् ॥12॥

अँगूठे के परिमाण वाला पुरुष (परमात्मा - परमपुरुष) शरीर के मध्य भाग में (हृदयाकाश में) स्थित है। जो भूत, भावि (और वर्तमान) का ईश्वर है। उसे जान लेने के बाद मनुष्य किसी की भी निन्दा नहीं करता। यहीं वह तत्त्व है। (जिसके विषय में तुमने पूछा था।)

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषः ज्योतिरिवाधूमकः।
ईशानो भूतभव्यस्य स एवाद्य स उ श्वः। एतद्वै तत् ॥13॥

अंगुष्ठ के-से परिमाण वाला परमपुरुष परमात्मा धूमरहित ज्योति की तरह है। भूत, (वर्तमान) और भविष्य पर शासन करनेवाला वही परमात्मा आज भी है और कल भी रहेगा (अर्थात् तीनों काल में रहता है)। वह सनातन है, वही ब्रह्मतत्त्व यह है (जो तुमने पूछा था)।

यथोदकं दुर्गे वृष्टं पर्वतेषु विधावति।
एवं धर्मान्पृथक् पश्यंस्तानेवानुविधावति ॥14॥

जिस प्रकार ऊँचे शिखर पर बरसा हुआ पानी पर्वत के अनेक स्थलों में चारों ओर बह जाता है, उसी प्रकार भिन्न-भिन्न प्रकार के (धर्म-विशेषता वाले) आत्माओं को आत्मा से अलग मानकर, उनके पीछे दौड़ता हुआ मनुष्य उन्हीं के शुभाशुभ लोकों में (योनियों में) भटकता रहता है।

यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं तादृगेव भवति।
एवं मुनेर्विजानत आत्मा भवति गौतम ॥15॥

इति द्वितीयेऽध्याये चतुर्थी वल्ली।

हे गौतम! जिस तरह निर्मल जल में बादलों के द्वारा चारों ओर से बरसाया गया पानी वैसा ही रहता है, ठीक उसी प्रकार (केवल पुरुषोत्तम परमात्मा ही सब कुछ है) ऐसा जाननेवाले मुनि का आत्मा ब्रह्म को प्राप्त हो जाता है।

इस प्रकार कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय में चतुर्थ वल्ली समाप्त हुई।

❋

पञ्चमी वल्ली

पुरमेकादशद्वारमजस्यावक्रचेतसः।
अनुष्ठाय न शोचति विमुक्तश्च विमुच्यते। एतद्वै तत् ॥1॥

नित्यविज्ञानस्वरूप उस अजन्मा परमेश्वर का, ग्यारह द्वारों वाला (मनुष्य शरीररूप) एक नगर है। इस प्रकार उस परमात्मा का ध्यान करने से मनुष्य शोक को प्राप्त नहीं होता और इस शरीर के रहते ही कर्मबन्धनों से मुक्त हुआ वह मृत्यु के बाद विदेहमुक्त हो जाता है। सचमुच यही वह ब्रह्म है (जिसके विषय में तुमने पूछा था)।

हꣳसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ॥2॥

वह परमात्मा गमन करनेवाला है; आकाश में गति करनेवाला सूर्य है, अन्तरिक्ष में विचरण करनेवाला सर्वव्यापी वायु है; वेदी (धरती) पर रहनेवाला 'होता' है (वेदीस्थापित अग्नि और होता भी वही है), वही कलशस्थ सोम है। इसी तरह वह मनुष्यों में संचलन करनेवाला, आकाश में गतिशील तथा जल में विविध रूपों से प्रकट होनेवाला, धरती में भी रूपवैविध्य द्वारा प्रकट होनेवाला वही सबसे बड़ा परम सत्य है।

ऊर्ध्वं प्राणमुन्नयत्यपानं प्रत्यगस्यति।
मध्ये वामनमासीनं विश्वेदेवा उपासते ॥3॥

जो आत्मा प्राण को ऊपर ले जाता है और अपान को नीचे ले आता है, उस हृदय के बीच में बैठे हुए सर्वोत्तम और भजनीय परमेश्वर की सभी देव उपासना करते हैं।

अस्य विस्रꣳसमानस्य शरीरस्थस्य देहिनः ।
देहाद्विमुच्यमानस्य किमत्र परिशिष्यते । एतद्वै तत् ॥4॥

एक शरीर से दूसरे शरीर में गमन करने के स्वभाव वाला यह आत्मा (जीवात्मा) जब इस (वर्तमान) शरीर को छोड़कर चला जाता है (और उस जीवात्मा के साथ-ही-साथ जब इन्द्रियाँ और प्राण आदि भी चले जाते हैं) तब इस मृत देह में क्या शेष रह जाता है ? (अर्थात् कुछ भी बाकी नहीं रहता) तो यही वह है। (तात्पर्य यह है कि कुछ बाकी रहा हुआ न दिखाई देने पर भी जो परब्रह्म सदैव जड़चेतन में व्याप्त होकर रहता है, यह तो शेष रहता ही है और यही वह परमतत्त्व है, जिसके विषय में तुमने पूछा था।)

न प्राणेन नापानेन मर्त्यो जीवति कश्चन ।
इतरेण तु जीवन्ति यस्मिन्नेतावुपाश्रितौ ॥5॥

मनुष्य आदि कोई भी प्राणी प्राण की शक्ति से जीवित नहीं रह सकता और अपान की शक्ति से भी जीवित नहीं रह पाता। परन्तु जिस परम चैतन्यतत्त्व में ये दोनों (प्राण और अपान) आश्रित हैं, ऐसे किसी अनूठे तत्त्व से ही वे सब प्राणी जीवित रहते हैं। (अर्थात् चेतनतत्त्व में ही प्राण, अपान आश्रित हैं) और उसी से ये सब प्राणी जीवित रहते हैं।

हन्त त इदं प्रवक्ष्यामि गुह्यं ब्रह्म सनातनम् ।
यथा च मरणं प्राप्य आत्मा भवति गौतम ॥6॥

यमराज कहते हैं कि हे गौतमवंशीय नचिकेता ! मरण होने के बाद इस जीवात्मा का क्या होता है, यह बात अब मैं तुम्हें कहूँगा और उसी के साथ-ही-साथ मृत्यु के बाद जीवात्मा कहाँ जाता है, कैसे रहता है और उस रहस्यमय चेतनतत्त्व का स्वरूप क्या है ? यह भी बताऊँगा।

योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनः ।
स्थाणुमन्येऽनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम् ॥7॥

जिसका जैसा कर्म होता है और शास्त्र-श्रवण से जिसको जैसा भाव प्राप्त होता है, उसी प्रकार का शरीर धारण करने के लिए बहुत-से जीवात्मा तो तरह-तरह की जंगम योनियों को प्राप्त करते हैं और अन्य कई जीवात्मा तो स्थावरभाव को (वृक्ष आदि की योनि को) भी प्राप्त करते हैं।

य एष सुप्तेषु जागर्ति कामं कामं पुरुषो निर्मिमाणः । तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते ॥ तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन । एतद्वै तत् ॥8॥

यह कि जो जीवों के कर्मानुसार भाँति-भाँति के भोगों का निर्माण करनेवाला है, वह परमपुरुष परमेश्वर जब प्रलयकाल में सभी सोये हुए ही रहते हैं, तब भी स्वयं जाग्रत् ही रहता है। (सभी जब अज्ञान-व्याप्त होते हैं, तब स्वयं ज्ञानवान् रहता है।) वही अमृतमय है और उसी में सभी लोक आश्रित रहते हैं, उसका अतिक्रमण कोई नहीं कर सकता। यही वह परमतत्त्व है।

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव ।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च ॥9॥

जिस प्रकार समग्र ब्रह्माण्ड में व्याप्त एक ही अग्नि अन्य विविध आधारभूत वस्तु के रूपों को धारण किए हुए रहता है, ठीक उसी प्रकार सभी प्राणियों का अन्तरात्मा परब्रह्मरूप एक होने पर भी तरह-तरह के रूपों को धारण करके प्रविष्ट होता है। इतना ही नहीं, उनके बाहर भी भिन्न-भिन्न रूपों में वह रहता है।

वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव ।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च ॥10॥

जिस प्रकार राकल ब्रह्माण्ड में एक ही वायु अपने अव्यक्त रूप से व्याप्त है, फिर भी भिन्न-भिन्न व्यक्त वस्तुओं के संयोग से उन-उन वस्तुओं के अनुरूप गति और शक्तिसम्पन्न दिखाई देता है, ठीक उसी प्रकार इन समस्त प्राणियों का अन्तर्यामी परमेश्वर तो एक ही है, तथापि उन प्राणियों के सम्बन्ध से भिन्न-भिन्न गति और शक्तिवाला दिखाई पड़ता है। इतना ही नहीं, वह प्राणियों (वस्तुओं) के बाहर भी अनन्त (असीम) विविध रूपों में भी रहता है।

सूर्यो यथा सर्वलोकस्य चक्षुर्न लिप्यते चाक्षुषैर्बाह्यदोषैः ।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा न लिप्यते लोकदुःखेन बाह्यः ॥11॥

जैसे सूर्य समग्र लोक का नेत्र है, फिर भी नेत्र सम्बन्धी बाह्य दोषों से सूर्य लिप्त नहीं होता। उसी तरह सर्व प्राणियों का अन्तरात्मा तो एक ही है, फिर भी वह संसार के दुःखों से लिप्त नहीं होता, किन्तु उनसे वह बाहर ही रहता है।

एको वशी सर्वभूतान्तरात्मा एकं रूपं बहुधा यः करोति ।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषाꣳ सुखꣳ शाश्वतं नेतरेषाम् ॥12॥

सदैव सभी के अन्तरात्मा के रूप में स्थित, अद्वितीय, सभी प्राणियों को अपने वश में रखनेवाला वही सर्वशक्तिमान परमेश्वर अपने एक ही रूप को लीला से अनेक प्रकार का बना देता है, ऐसे परमात्मा को जो ज्ञानी पुरुष अपने भीतर अवस्थित देखते हैं, उन्हीं को शाश्वत आनन्द प्राप्त होता है, दूसरों को नहीं।

नित्योऽनित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान् ।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम् ॥13॥

वह परमात्मा नित्यों का (जीवों का) भी नित्य है, जो चैतन्यों का भी चैतन्य है, जो अकेला ही अनेक जीवों की कामनाओं का विधान करता है; जो ज्ञानी लोग ऐसे परमेश्वर को अपने भीतर ही सदा देखा करते हैं, उन्हीं को शाश्वत शान्ति मिलती है, दूसरों को नहीं।

तदेतदिति मन्यन्तेऽनिर्देश्यं परमं सुखम् ।
कथं नु तद्विजानीयां किमु भाति विभाति वा ॥14॥

वह अनिर्वचनीय परम सुख यह परमात्मा ही है, ऐसा ज्ञानी लोग मानते हैं। उसे मैं कैसे ठीक से समझ सकता हूँ कि वह किस प्रकार प्रत्यक्षतः प्रकट होता है या वह अनुभव में आता है ? (मेरे लिए यह संभव नहीं।)

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ॥15॥

इति द्वितीयेऽध्याये पञ्चमी वल्ली ॥5॥

वहाँ न तो सूर्य प्रकाशित होता है, न ही चन्द्र और तारागण ही प्रकाशित होते हैं। वहाँ बिजली भी चमकती नहीं है। तो फिर यह लौकिक अग्नि भला कैसे प्रकाशित हो सकता है ? क्योंकि उसी (परमेश्वर) के प्रकाश से तो वे सब प्रकाशित हो सकते हैं।

इस प्रकार कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय में पञ्चम वल्ली समाप्त हुई।

❋

षष्ठी वल्ली

ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः ।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते ॥
तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन । एतद्वै तत् ॥1॥

जिसका मूल ऊपर की ओर है और शाखाएँ नीचे की ओर हैं, ऐसा यह अश्वत्थ वृक्ष सनातन (अनादि) काल से चला आ रहा है। वही ज्योतिःस्वरूप है, वही ब्रह्म है और वही अमृत कहा जाता है। सभी लोग उसी का आश्रय ग्रहण किए हुए हैं। कोई भी उसे लाँघ नहीं सकता। सचमुच वही ब्रह्म है।

यदिदं किंच जगत्सर्वं प्राण एजति निःसृतम् ।
महद्भयं वज्रमुद्यतं य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति ॥2॥

परब्रह्म परमात्मा से निकला हुआ यह जो कुछ भी सम्पूर्ण जगत् है, वह अपने प्राणस्वरूप (परमकारणस्वरूप) परमेश्वर में ही चेष्टा करता है (तात्पर्य यह है कि जगत् की सम्पूर्ण गति का आश्रय परमेश्वर ही है)। उद्यत वज्र की तरह भय उत्पन्न करनेवाले इस परमेश्वर को जो जान लेते हैं, वे अमर हो जाते हैं।

भयादस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यः ।
भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः ॥3॥

इस परमेश्वर के भय से अग्नि जलता है, इसी के भय से सूर्य प्रकाशित होता है और इसी के भय से इन्द्र, वायु और मृत्यु अपने-अपने कार्यों में नियमानुसार निमग्न रहते हैं।

इह चेदशकद्बोद्धुं प्राक् शरीरस्य विस्रसः ।
ततः सर्गेषु लोकेषु शरीरत्वाय कल्पते ॥4॥

यदि शरीर का पतन होने से पहले इस मनुष्य-शरीर में ही (साधक) परमात्मा का साक्षात्कार करने में समर्थ हुआ (तब तो अच्छी बात है) और यदि नहीं हुआ तो अनेक कल्पों तक विविध लोकों और योनियों में शरीर धारण करने के लिए मजबूर होता है।

यथादर्शे तथाऽऽत्मनि यथा स्वप्ने तथा पितृलोके ।
यथाप्सु परीव ददृशे तथा गन्धर्वलोके छायातपयोरिव ब्रह्मलोके ॥5॥

जिस प्रकार दर्पण में सामनेवाली वस्तु दिखाई देती है, उसी प्रकार शुद्ध अन्तःकरण में ब्रह्म के दर्शन होते हैं। जिस प्रकार स्वप्न में वस्तु अस्पष्ट दिखाई देती है, उसी तरह पितृलोक में परमात्मा दिखाई देते हैं। जिस प्रकार पानी में वस्तु के रूप का प्रतिबिम्ब पड़ता है, उसी प्रकार गंधर्वलोक में परमात्मा की आभा जैसा कुछ दिखाई पड़ता है, परन्तु ब्रह्मलोक में तो परमात्मा का स्वरूप छाया और आतप (धूप) की भाँति स्पष्ट रूप से अलग-अलग-से दिखाई पड़ते हैं। (यहाँ दर्पण = निर्मल अन्तःकरण, स्वप्न = जाग्रत् वासनाएँ आदि के सूचक हैं)।

इन्द्रियाणां पृथग्भावमुदयास्तमयौ च यत् ।
पृथगुत्पद्यमानानां मत्वा धीरो न शोचति ॥6॥

अपने-अपने कारण की वजह से भिन्न-भिन्न रूपों में उत्पन्न हुई इन्द्रियों की जो अलग-अलग प्रकार की सत्ता है और उनका उदय और अस्त होने का जो स्वभाव है, उसे पहचान कर उन इन्द्रियों से आत्मा का स्वरूप अलग ही है—ऐसा समझने वाला धीर (ज्ञानी) पुरुष कभी शोक नहीं करता।

इन्द्रियेभ्यः परं मनो मनसः सत्त्वमुत्तमम् ।
सत्त्वादपि महानात्मा महतोऽव्यक्तमुत्तमम् ॥7॥

इन्द्रियों से मन श्रेष्ठ है, मन से बुद्धि उच्चतर है, बुद्धि से भी उसका स्वामी जीवात्मा श्रेष्ठ है, और उस जीवात्मा से (महत्तत्त्वरूप जीवात्मा से) अव्यक्त शक्ति श्रेष्ठ है। (कठ. 1.3.10 की भाँति)

अव्यक्तात्तु परः पुरुषो व्यापकोऽलिङ्ग एव च ।
यं ज्ञात्वा मुच्यते जन्तुरमृतत्वं च गच्छति ॥8॥

परन्तु उस अव्यक्त से भी उसका स्वामी परमपुरुष परमात्मा श्रेष्ठ है। वह व्यापक है और सर्वथा निराकार ही है। जिसे जानकर जीवात्मा बन्धनमुक्त हो जाता है और अमृतस्वरूप ब्रह्म को प्राप्त करता है।

न संदृशे तिष्ठति रूपमस्य न चक्षुषा पश्यति कश्चिदेनम् ।
हृदा मनीषा मनसाऽभिक्लृप्तो य एतद्विदुरमृतास्ते भवन्ति ॥9॥

इस परमेश्वर का वास्तविक स्वरूप हमारे समक्ष प्रत्यक्ष विषय के रूप में टिक नहीं सकता। इसको कोई भी अपने चर्मचक्षुओं से देख नहीं पाता। मन से बार-बार चिन्तन करके ध्यान में लाया गया वह परमात्मा निर्मल और निश्चल हृदय से तथा विशुद्ध बुद्धि से देखा जा सकता है। जो उसे पहचान लेते हैं, वे अमृत (आनंद) स्वरूप हो जाते हैं।

यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह ।
बुद्धिश्च न विचेष्टति तामाहुः परमां गतिम् ॥10॥

जब मन के साथ पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ ठीक तरह से स्थिर हो जाती हैं और बुद्धि भी किसी प्रकार की चेष्टा नहीं करती, तब उस स्थिति को योगी लोग 'परमगति' कहते हैं।

तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम् ।
अप्रमत्तस्तदा भवति योगो हि प्रभवाप्ययौ ॥11॥

इन्द्रियों की उस स्थिर धारणा को ही योगी लोग 'योग' मानते हैं। क्योंकि उस समय साधक प्रमादरहित हो जाता है। योग उदय और अस्त होनेवाला होता है। (इसलिए साधक को सावधान रहकर निरन्तर योगस्थ रहने का प्रयत्न करना चाहिए।)

नैव वाचा न मनसा प्राप्तुं शक्यो न चक्षुषा ।
अस्तीति ब्रुवतोऽन्यत्र कथं तदुपलभ्यते ॥12॥

वह परब्रह्म परमेश्वर न तो वाणी से या न ही मन से प्राप्त किया जा सकता है और नेत्रों से भी प्राप्त नहीं किया जा सकता। तब फिर "यह आत्मा है ही"—ऐसा कहने वालों के सिवा अन्य के द्वारा भला कैसे प्राप्त किया जा सकता है ?

अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्त्वभावेन चोभयोः ।
अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति ॥13॥

इसलिए इस परमात्मा को प्रथम तो "वह अवश्य है"—इस प्रकार निश्चयपूर्वक ग्रहण करना चाहिए। (तात्पर्य यह कि पहले उसके अस्तित्व का दृढ निश्चय कर लेना चाहिए)। उसके बाद तत्त्वभाव से (स्वरूप भाव से) भी उसे प्राप्त करना चाहिए। इन दोनों प्रकारों में से "वह अवश्य है ही"—इस प्रकार निश्चयपूर्वक परमात्मसत्ता को स्वीकार करनेवाले साधक के लिए उस परमात्मा का पारमार्थिक स्वरूप उसके निर्मल चित्त में यों ही साक्षात् हो जाता है।

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि स्थिताः ।
अथ मर्त्योऽमर्त्यो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ॥14॥

इस साधक के हृदय में अवस्थित सारी कामनाएँ जब पूर्णतः छूट जाती हैं, तब मरणधर्मा मानव अमर हो जाता है। और वह यहीं अर्थात् इसी लोक में ब्रह्म का अच्छी तरह से अनुभव कर लेता है (जीवन्मुक्त हो जाता है)।

यदा सर्वे प्रभिद्यन्ते हृदयस्येह ग्रन्थयः ।
अथ मर्त्योऽमर्त्यो भवत्येतावद्ध्यनुशासनम् ॥15॥

जब साधक के हृदय की सब ग्रन्थियाँ (अहंता-ममतारूप संशय) पूर्ण रूप से खुल जाती हैं, तब मरणधर्मा मनुष्य इसी शरीर में अमर हो जाता है। बस इतना ही सनातन उपदेश है।

शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका ।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति ॥16॥

हृदय में सब मिलाकर एक सौ एक नाडियाँ हैं। उनमें से एक मस्तक (भाल प्रदेश) की ओर निकली हुई है। (उसी को 'सुषुम्णा' कहा जाता है)। मनुष्य उस नाडी के द्वारा ऊपर के लोक में जाकर अमृतभाव को प्राप्त हो जाता है। शेष अन्य सौ नाडियाँ मरणकाल में जीव को तरह-तरह की योनियों में ले जाने का कारण बनती हैं।

अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोऽन्तरात्मा सदा जनानां हृदये सन्निविष्टः ।
तं स्वाच्छरीरात्प्रवृहेन्मुञ्जादिवेषीकां धैर्येण ।
तं विद्याच्छुक्रममृतं तं विद्याच्छुक्रममृतम् ॥17॥

सर्वान्तर्यामी, अंगुष्ठमात्र परिमाणवाला, परमपुरुष सदैव हृदय में प्रतिष्ठित है। इस आत्मा को मुंज से शलाका की तरह धैर्य से अलग करके जिसने देखा है, उसी को विशुद्ध अमृतस्वरूप जानना चाहिए।

मृत्युप्रोक्तां नचिकेतोऽथ लब्ध्वा विद्यामेतां योगविधिं च कृत्स्नम् ।
ब्रह्मप्राप्तो विरजोऽभूद्विमृत्युरन्योऽप्येवं यो विदध्यात्ममेव ॥18॥

इति द्वितीयेऽध्याये षष्ठी वल्ली ।

इति द्वितीयोऽध्यायः समाप्तः ॥2॥

इति यजुर्वेदीयकठोपनिषत् समाप्ता ॥

इस तरह उपदेश सुनकर नचिकेता यमराज की कही हुई इस विद्या को और संपूर्ण योगविधि को सुनकर, मृत्युरहित और विशुद्ध (विकारशून्य) होकर ब्रह्म को प्राप्त हो गया। यदि कोई अन्य व्यक्ति भी इस अध्यात्मविद्या को इस तरह जानेगा, तो वह भी वैसा ही (ब्रह्मसाक्षात्कारी) हो जाएगा।

इस प्रकार कठोपनिषद् के द्वितीय अध्याय की षष्ठ वल्ली समाप्त हुई।

इस प्रकार कठोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै ॥
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(4) प्रश्नोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

परम्परानुसार यह उपनिषद् अथर्ववेद के अन्तर्गत मानी जाती है। शंकराचार्य ने इसी वेद की मुण्डकोपनिषद् को 'मन्त्र' कहा है और इस उपनिषद् को 'ब्राह्मण' कहा है। प्राचीन और प्रमाणभूत शास्त्ररूप मानी गई दस उपनिषदों में इस उपनिषद् का भी स्थान है। इसमें छः प्रश्न और उनके उत्तर होने से इसे 'प्रश्नोपनिषद्' कहा गया है। इसे 'षट्प्रश्नोपनिषद्' भी कहते हैं। इसमें गद्यात्मक मंत्रों की कुल संख्या 67 है।

सुकेशादि छः ब्रह्मजिज्ञासु मुनि प्रसिद्ध ब्रह्मनिष्ठ पिप्पलाद मुनि के पास समित्पाणि होकर शास्त्रानुसार ब्रह्मज्ञान के लिए गए। पिप्पलाद ने उनसे एक साल तक अपने घर में रहकर तपश्चरण करने को कहा। पिप्पलाद की सूचना का यथा पालन करके वे जब उनके सामने प्रश्न लेकर उपस्थित हुए तो प्रत्येक ने अपना एक-एक प्रश्न पूछा और पिप्पलाद ने उन सभी प्रश्नों का परितोषजनक उत्तर भी दिया।

पिप्पलादमुनि के पास आए हुए ये सभी ब्रह्मजिज्ञासु बड़े बुद्धिशाली थे। उन्होंने उनसे बहुत सुन्दर प्रश्न पूछे—'हम कहाँ से आते हैं ?' 'जीवन का मूलस्रोत कौन-सा है ?' 'कौन से अवयव (इन्द्रियाँ) प्रकाश देते हैं ?' 'उनमें मुख्य अवयव कौन-सा है ?' 'यह प्राण (संजीवनी शक्ति) कहाँ से आती है ?' 'देह में वह कैसे आ जाती हैं ?' 'इससे फिर अलग क्यों हो जाती हैं ?' 'निद्रित कौन होता है ?' 'जागता कौन है ?' 'स्वप्न में क्या होता है ?' 'सुख का मूल क्या है ?' 'ॐ के ध्यान से कौन-सी गति और प्राप्ति होती है ?' और 'परम सत् क्या है और कहाँ रहता है ?'

इस उपनिषद् के छः प्रकरण हैं और उन्हें 'प्रश्न' नाम दिया गया है। प्रथम प्रश्न में 16, द्वितीय में 13, तृतीय में 12, चतुर्थ में 11, पंचम में 7 और षष्ठ में 8 मंत्र हैं। कुल मिलाकर 67 गद्यकण्डिकाएँ (मंत्र) हैं। इस उपनिषद् की मुण्डकोपनिषद् के साथ बहुत-कुछ समानता देखकर कुछ लोग तो यहाँ तक कह देते हैं कि मुण्डक ही मूल ग्रन्थ है और 'प्रश्न' तो उसकी व्याख्या ही है। मुण्डकोपनिषद् में आए हुए कुछ गद्यांशों को छोड़कर शेष पूरी पद्य में लिखी गई है, जब कि 'प्रश्नोपनिषद्' पूरी गद्य-रचना है।

प्रश्नोपनिषद् के प्रश्न क्रमशः आगे बढ़ते रहते हैं। यह परिवर्तनशील जगत्, जगत् की चलती-फिरती हस्तियाँ, उन सबका कोई एक समान मूल, उसको खोजने के लिए अन्तर्दृष्टि, विराट् का भीतर में दर्शन, बाहर-भीतर का ऐक्य—इस प्रकार बढ़ते-बढ़ते अन्त में इस उपनिषद् का अद्वैत में पर्यवसान होता है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

हे देवो ! हम अपने कानों से केवल कल्याणकारी बातें ही सुना करें। जिन्हें हम पूजते हैं, ऐसे हे देवो ! हम अपनी आँखों से केवल शुभ दृश्यों को ही देखा करें। हम अपने सुदृढ़ अंगों से युक्त शरीर के द्वारा आपकी स्तुति करते रहें। हम देवों का दिया हुआ जितना आयुष्य है, उसे भोगते रहें।

वैयक्तिक शान्ति हो, पर्यावरणीय शान्ति हो, प्राणीजगत् की शान्ति हो।

अथ प्रथमः प्रश्नः

ॐ सुकेशा च भारद्वाजः, शैब्यश्च सत्यकामः, सौर्यायणी च गार्ग्यः कौसल्यश्चाश्वलायनो, भार्गवो वैदर्भिः, कबन्धी कात्यायनस्ते हैते ब्रह्मपरा ब्रह्मनिष्ठाः परं ब्रह्मान्वेषमाणा एष ह वै तत्सर्वं वक्ष्यतीति ते ह समित्पाणयो भगवन्तं पिप्पलादमुपसन्नाः॥1॥

भरद्वाज का पुत्र सुकेशा, शिबि का पुत्र सत्यकाम, गर्ग वंश का सौर्यायणी, अश्वल का पुत्र कौसल्य, विदर्भनिवासी भृगुपुत्र और कात्य का पुत्र कबन्धी—ये सब लोग ब्रह्म की जिज्ञासा करनेवाले एवं ब्रह्म के सिवा और किसी से भी सम्बन्ध नहीं रखने वाले थे। वे ब्रह्म-विषयक सब कुछ जानना चाहते थे। "यह पुरुष हमें ब्रह्म के विषय में सब कुछ कहने में समर्थ होगा"—ऐसा मन में सोचकर वे गुरु पिप्पलाद के पास हाथ में यज्ञकाष्ठ लेकर गए।

तान् ह स ऋषिरुवाच भूय एव तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया संवत्सरं संवत्स्यथ यथाकामं प्रश्नान् पृच्छथ यदि विज्ञास्यामः सर्वं ह वो वक्ष्याम इति॥2॥

ऋषि ने तब उनसे कहा—"तुम लोग तपश्चर्या, ब्रह्मचर्य और गुरु एवं शास्त्रों पर श्रद्धा रखकर मेरे पास और एक वर्ष तक रहो और उसके बाद तुम मुझसे चाहे कोई भी प्रश्न पूछ लो। मैं अपनी पूरी शक्ति का उपयोग करके, यदि मैं जानता होऊँगा तब मैं उत्तर दूँगा।"

अथ कबन्धी कात्यायन उपेत्य पप्रच्छ भगवन् कुतो ह वा इमाः प्रजाः प्रजायन्त इति॥3॥

एक वर्ष के बाद कात्य का पुत्र कबन्धी पिप्पलाद के पास आया और उसने पूछा—"हे भगवन् ! ये सब प्राणी कहाँ से आते हैं ?"

तस्मै स होवाच प्रजाकामो वै प्रजापतिः स तपोऽतप्यत स तपस्तप्त्वा स मिथुनमुत्पादयते रयिं च प्राणं चेत्येतौ मे बहुधा प्रजाः करिष्यत इति॥4॥

तब पिप्पलाद ने उससे कहा कि—"सन्तानप्राप्ति के इच्छुक होकर प्रजापति ने तपश्चर्या की। उनको ऐसा लगा कि उनके पास अन्न (चन्द्र) हो और उस अन्न को कोई खानेवाला (सूर्य) हो, तब ये दोनों परस्पर मिलकर प्रजा उत्पन्न कर सकते हैं।"

आदित्यो ह वै प्राणो रयिरेव चन्द्रमा रयिर्वा एतत्सर्वं यन्मूर्तं चामूर्तं च तस्मान्मूर्तिरेव रयिः ॥5॥

आदित्य (सूर्य) जीवन है और चन्द्र ही अन्न है। जो कुछ भी स्थूल (कार्यरूप) है अथवा सूक्ष्म (कारणरूप) है, यह सब अन्न ही है। इसलिए स्थूल तो अन्न ही है, क्योंकि वह कार्यरूप (मूर्ति) ही तो है।

अथादित्य उदयन्यत्प्राचीं दिशं प्रविशति तेन प्राच्यान्प्राणान् रश्मिषु संनिधत्ते। यद् दक्षिणां यत्प्रतीचीं यदुदीचीं यदधो यदूर्ध्वं यदन्तरा दिशो यत्सर्वं प्रकाशयति तेन सर्वान्प्राणान् रश्मिषु संनिधत्ते ॥6॥

जिस प्रकार सूर्य उदित होते ही तुरन्त पूर्व दिशा की ओर प्रविष्ट होता है और अपनी किरणों के द्वारा वह पूर्व दिशा के सभी पदार्थों पर छा जाता है। इसी तरह वह दक्षिण दिशा, उत्तर दिशा, पश्चिम दिशा, ऊपर, नीचे, बीच में—चारों ओर सभी जीवित प्राणियों को घेरकर सभी प्राणियों को प्रकाश और जीवन देता है, इसी तरह सभी जगह अपनी किरणें फैलाकर सूर्य वही कार्य करता है।

स एष वैश्वानरो विश्वरूपः प्राणोऽग्निरुदयते। तदेतदृचाऽभ्युक्तम् ॥7॥

इन सभी प्राणियों में अन्तर्हित होने के कारण इस उदीयमान सूर्य को वैश्वानर कहा जाता है। इस विश्व के सभी रूप उसी के ही हैं, इसलिए उसे 'विश्वरूप' भी कहा जाता है। वह जीवनपोषक अग्नि है। वह उदित होता है—अर्थात् क्षितिज पर आदित्य (सूर्य) रूप से वह प्रकट होता है। इसके विषय में ऋग्वेद के इस मंत्र में कहा गया है।

विश्वरूपं हरिणं जातवेदसं परायणं ज्योतिरेकं तपन्तम्।
सहस्ररश्मिः शतधा वर्तमानः प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः ॥8॥

अपनी असंख्य किरणों के साथ सूर्य उदित हो रहा है। वह अनेकानेक रूपों में दिखाई पड़ रहा है। समग्र सजीव सृष्टि का वह संजीवनीरूप है। (विद्वान् लोग सूर्य के विषय में ऐसा कहते हैं कि—) वह सभी जगह और अस्तित्ववाले सभी रूपों में उपस्थित रहता है। वह सभी का आधार है और सभी का एकमात्र प्रकाश है। यही सभी का उष्मादायक है।

संवत्सरो वै प्रजापतिस्तस्यायने दक्षिणं चोत्तरं च। तद्ये ह वै तदिष्टापूर्ते कृतमित्युपासते ते चान्द्रमसमेव लोकमभिजयन्ते। त एव पुनरावर्तन्ते तस्मादेत ऋषयः प्रजाकामा दक्षिणं प्रतिपद्यन्ते। एष ह वै रयिर्यः पितृयाणः ॥9॥

जो वर्ष है, वह प्रजापति का प्रतीक है अर्थात् वह प्राणियों का स्वामी है। वह दो दिशाओं में घूमता है—दक्षिण और उत्तर दिशाओं में। जो लोग सदैव वैदिक विधि-विधानों में डूबे हुए रहते हैं और जो लोग जनकल्याण के अन्य कार्य करते रहते हैं और अपने उन कार्यों के लिए गौरव का अनुभव करते रहते हैं, वे लोग अन्त में चन्द्रलोक में जाते तो हैं, किन्तु मर्यादित समय के लिए ही (क्योंकि उसके बाद अनिवार्यरूप से) मर्त्यलोक में वापस लौट आते हैं। इसलिए कामनावाले मनुष्य दक्षिण मार्ग में जाते हैं। 'पितृयाण' (पितृलोक का) वह मार्ग 'रयि' नाम से प्रसिद्ध है।

अथोत्तरेण तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया विद्ययात्मानमन्विष्यादित्यमभि-

जयन्ते। एतद्वै प्राणानामायतनमेतदमृतमभयमेतत्। परायणमेतस्मान्न पुनरावर्तन्त इत्येष निरोधस्तदेष श्लोकः ॥10॥

परन्तु अन्य कुछ लोग ऐसे भी हैं कि जो तप करके और संयम रखकर, गुरु और शास्त्रों में श्रद्धा रखते हुए, शास्त्राध्ययनपूर्वक आत्मा को खोजकर उत्तर के मार्ग पर जाकर सम्पूर्णतया आदित्य की कक्षा प्राप्त करते हैं। समग्र सजीव सृष्टि का आधार यह आदित्य है। इसी अवस्था को 'अमरत्व' या 'भय का अतिक्रमण' कहा जाता है। मनुष्य के लिए यह उत्तमोत्तम की प्राप्ति है। एक बार इस अवस्था को प्राप्त कर लेने के बाद मनुष्य को फिर इस मर्त्यलोक में नहीं आना पड़ता। यह जीवनयात्रा का पूर्णविराम है। इस विषय को यह अग्रिम श्लोक स्पष्ट करता है।

पञ्चपादं पितरं द्वादशाकृतिं दिव आहुः परे अर्धे पुरीषिणम्।
अथेमे अन्य उ परे विचक्षणं सप्तचक्रे षडर आहुरर्पितमिति ॥11॥

(जो काल का स्वरूप जानते हैं, वे आदित्य का इस प्रकार वर्णन करते हैं कि—) वह पाँच पैरवाला (पाँच ऋतुओं वाला) है, वह बारह स्वरूप वाला (मासवाला) है, स्वर्ग और पृथ्वी के बीच के अवकाश (अन्तरिक्ष) में रहता है, यह जल की वर्षा करता है। (अन्य विद्वान् ऐसा कहते हैं कि कैसा भी हो, आदित्य सर्वज्ञ तो है ही। वे लोग कहते हैं कि) वह (आदित्य) सात पहियोंवाले रथ पर सवारी करता है, और प्रत्येक पहिये में छः-छः आरे जोड़े गये हैं और उस पर यह जगत् आश्रय लेता है।

मासो वै प्रजापतिस्तस्य कृष्णपक्ष एव रयिः शुक्लः प्राणस्तस्मादेते ऋषयः शुक्ल इष्टिं कुर्वन्तीतर इतरस्मिन् ॥12॥

संवत्सर की तरह मास को भी प्रजापति के रूप में लिया जा सकता है। ऐसा प्रतीक लें तो कृष्णपक्ष को अन्न (चन्द्र = रयि) मानना चाहिए और शुक्लपक्ष यहाँ प्राणरूप (जीवनरूप) है। (आदित्य = अन्न खानेवाला है) इसलिए प्राण की (जीवन की) रक्षा चाहनेवाले ऋषिलोग शुक्लपक्ष में ही वेदविहित विधि-विधानों के अनुष्ठान करते हैं और अन्य लोग किसी तरह ये अनुष्ठान कृष्णपक्ष में करते हैं।

अहोरात्रो वै प्रजापतिस्तस्याहरेव प्राणो रात्रिरेव रयिः प्राणं वा एते प्रस्कन्दन्ति ये दिवा रत्या संयुज्यन्ते ब्रह्मचर्यमेव तद्यद्रात्रौ रत्या संयुज्यन्ते ॥13॥

'दिन-रात्रि' को भी प्रजापति के प्रतीक के रूप में लिया जा सकता है। ऐसा करने में 'दिवस' प्रजापति का प्राण अर्थात् जीवन (माना जाता) है और रात्रि उसका अन्न है (रयि है)। जो लोग दिवस के भाग में इन्द्रियसुखों में डूबे हुए रहते हैं, वे जीवन को हानि पहुँचाते हैं; जो लोग रात्रि के समय में इन्द्रियसुखों में मग्न बनते हैं, वह तो ब्रह्मचर्य (आत्मसंयम जैसा) ही है।

अन्नं वै प्रजापतिस्ततो ह वै तद्रेतस्तस्मादिमाः प्रजाः प्रजायन्त इति ॥14॥

(मानो) अन्न ही प्रजापति है। उस अन्न में से जीवन का बीज (वीर्यरूप में) आता है। उस बीज में से ये सब सजीव व्यक्ति उत्पन्न होते हैं।

तद्ये ह वै तत्प्रजापतिव्रतं चरन्ति ये मिथुनमुत्पादयन्ते।
तेषामेवैष ब्रह्मलोको येषां तपो ब्रह्मचर्यं येषु सत्यं प्रतिष्ठितम् ॥15॥

इसलिए जो लोग प्रजापति के उन नियमों का पालन करते हैं (प्रजापतितुल्य जीवनवाले होते हैं), वे लोग प्रजापति की तरह और उनके जैसी ही प्रजा को उत्पन्न करते हैं। ऐसे लोगों में से कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो कि केवल तपोयुक्त और तीव्र आत्मसंयमी जीवन जीते हैं, तो ये लोग भी दृढतापूर्वक सत्य में प्रतिष्ठित होते हैं। (ऐसे लोग पहले पितृलोक में जाकर वहाँ अपना सम्बन्ध पूरा करके ब्रह्मलोक में जाते हैं।)

तेषामसौ विरजो ब्रह्मलोको न येषु जिह्ममनृतं न माया चेति ॥16॥

इति प्रथमः प्रश्नः ॥1॥

जिन लोगों में वक्रता, अप्रामाणिकता और चालाकी का लेश भी न हो, ऐसे लोगों को ही ब्रह्मलोक में स्थान मिलता है।

इस प्रकार प्रश्नोपनिषद् में प्रथम प्रश्न समाप्त हुआ।

❋

अथ द्वितीयः प्रश्नः

अथ हैनं भार्गवो वैदर्भिः पप्रच्छ। भगवन् कत्येव देवाः प्रजां विधारयन्ते कतर एतत्प्रकाशयन्ते कः पुनरेषां वरिष्ठ इति ॥1॥

इसके बाद उनसे (पिप्पलाद से) विदर्भवासी भार्गव ने (भृगु के पुत्र ने) पूछा कि—हे भगवन्! मुख्य रूप में कितनी इन्द्रियाँ प्राणियों के शरीरों को टिकाए रखती हैं? उनमें से कौन-सी इन्द्रिय शरीर को प्रकाशित करती है? और भी उनमें से कौन-सी सबसे अधिक महत्त्व रखती है?

तस्मै स होवाचाकाशो ह वा एष देवो वायुरग्निरापः पृथिवी वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रं च। ते प्रकाश्याभिवदन्ति वयमेतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामः ॥2॥

महर्षि पिप्पलाद ने उनसे (भार्गव ऋषि से) कहा कि वह देव तो आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी और अन्य ज्ञानेन्द्रियाँ, मन, आँख, कान और अन्य कर्मेन्द्रियाँ भी हैं। वे सभी इन्द्रियाँ एक बार अपनी-अपनी शक्तियों को प्रकाशित करके गर्वपूर्वक कहने लगीं कि—"हम ही इस शरीर को शक्ति देकर धारण कर रहे हैं अर्थात् इसके आश्रयदाता हैं।"

तान्वरिष्ठः प्राण उवाच मा मोहमापद्यथा। अहमेवैतत्पञ्चधात्मानं प्रविभज्यैतद्बाणमवष्टभ्य विधारयामीति तेऽश्रद्दधाना बभूवुः ॥3॥

तब मुख्य प्राण उन इन्द्रियों से कहने लगा कि—"यह (शरीरविधारण के विषय में स्वयं को ही मुख्य मानने की) भूल मत करो। (सच बात तो यह है कि) मैं ही अपने आपको पाँच अलग-अलग शक्तियों में विभक्त कर देता हूँ और इस शरीर को घुमाने-फिराने के लिए उन शक्तियों का उपयोग करता हूँ। शरीर को आश्रय प्रदान करने का पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा ही है।" परन्तु ज्ञानेन्द्रियों ने उस पर विश्वास नहीं किया।

सोऽभिमानादूर्ध्वमुत्क्रामत इव तस्मिन्नुत्क्रामत्यथेतरे सर्व एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्व एव प्रतिष्ठन्ते। तद्यथा मक्षिका मधुकरराजानमुत्क्रामन्तं सर्वा एवोत्क्रामन्ते तस्मिंश्च प्रतिष्ठमाने सर्वा एव प्रतिष्ठन्त एवं वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रं च ते प्रीताः प्राणं स्तुन्वन्ति ॥4॥

सभी करणों में—इन्द्रियों का प्रधान ऐसा प्राण (इन्द्रियों के किए हुए अपमान से) आहत हो उठा और इसलिए उसने मानो ऊपर उठ जाने का-सा व्यवहार किया (अर्थात् शरीर को छोड़ देने का-सा बर्ताव किया)। पर ज्यों ही उसने शरीर छोड़ना शुरू किया, त्यों ही अन्य इन्द्रियों ने भी उसी तरह उसका अनुसरण किया और जब वह फिर से जाकर अपने स्थान पर स्थिर हुआ, तो अन्य इन्द्रियों ने भी ऐसा ही किया। जिस तरह मधुमक्खियों की रानी जब छत्ता छोड़ती है, तो मधुमक्खियों का सारा झुण्ड भी छत्ता छोड़ ही देता है और जब वह रानी मक्खी उस मधु के छत्ते में स्थिर रहती है, तो शेष सब मधुमक्खियाँ भी वैसा ही करती हैं। वाणी, मन, आँख और कान—ये सब करण (ज्ञानेन्द्रियाँ) इन मधुमक्खियों जैसी ही हैं। ऐसा होने के बाद वे इन्द्रियाँ प्राण पर प्रसन्न होकर प्राण की स्तुति करने लगीं।

एषोऽग्निस्तपत्येष सूर्य एष पर्जन्यो मघवानेष वायुः।
एष पृथिवी रयिर्देवः सदसच्चामृतं च यत् ॥5॥

यह प्राण अग्निरूप है जो हमें उष्णता देता है। यह प्राण सूर्य भी है और यही वर्षा देता है। इन्द्र के रूप में यही प्राण (सबकी देखभाल करता है) वही पृथ्वी है, वही रयि (चन्द्र) है। वही सर्वत्र उपस्थित है। वह सबको प्रकाशित करता है। सार यह है कि वह स्थूल अर्थात् कार्यरूप भी है और सूक्ष्म अर्थात् कारणरूप भी है। यह प्राण शाश्वत है।

अरा इव रथनाभौ प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्।
ऋचो यजूंषि सामानि यज्ञः क्षत्रं ब्रह्म च ॥6॥

रथ के पहियों की धुरी पर जिस तरह आरे जड़े हुए रहते हैं, ठीक उसी तरह प्राण में इस विश्व का सब कुछ जड़ा हुआ रहता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद—यह वेदत्रयी और यज्ञ के विधि-विधान तथा क्षत्रिय एवं ब्राह्मण भी इस पर आधारित हैं।

प्रजापतिश्चरसि गर्भे त्वमेव प्रतिजायसे।
तुभ्यं प्राणस्त्विमा बलिं हरन्ति यः प्राणैः प्रतितिष्ठसि ॥7॥

(प्राण की स्तुति करती हुई इन्द्रियाँ कहती हैं कि—) आप (प्राण) ही तो प्रजापति (प्राणियों के स्वामी) के रूप में माता के गर्भ में संचार करते हैं। आप (प्राण) ही अपने माता-पिता के द्वारा उनके जैसे ही रूप में जन्म लेते हैं। हे प्राण! आप हर एक शरीर में इन्द्रियों के स्वामी के रूप में हैं। मनुष्य जैसे सभी प्राणी उनकी इन्द्रियों की सहायता से आपके लिए अपनी ओर से बलि (उपहार) आपको देते हैं। (वह उपहारों की श्रेष्ठता है)।

देवानामसि वह्नितमः पितॄणां प्रथमा स्वधा।
ऋषीणां चरितं सत्यमथर्वाङ्गिरसामसि ॥8॥

आप देवों को दिए गए बलि के श्रेष्ठ अग्निरूप वाहक हैं। पहले पितृओं को (पूर्वजों को) दिए गए खाद्यान्न के रूप में भी तो आप ही हैं। ऋषियों के द्वारा परिशीलन किया गया सत्य भी आप ही

हैं। अंगिरस ऋषियों में (अर्थात् इन्द्रियों में) अथर्वा (अर्थात् प्राण) भी आप ही हैं। (क्योंकि आप ही इन्द्रियों को सही रूप में कार्यशील बनानेवाले हैं।)

इन्द्रस्त्वं प्राण तेजसा रुद्रोऽसि परिरक्षिता।
त्वमन्तरिक्षे चरसि सूर्यस्त्वं ज्योतिषां पतिः ॥9॥

हे प्राण! आप देवों के राजा इन्द्र हैं। आप अपने तेज से सभी का नाश करनेवाले रुद्र भी हैं और साथ-ही-साथ सभी का रक्षण करनेवाले भी तो आप ही हैं। आप अन्तरिक्ष में (अवकाश में) चारों ओर संचरण करते हैं और सभी तेजस्वी रूपों के स्वामी सूर्य भी आप ही हैं।

यदा त्वमभिवर्षस्यथेमाः प्राण ते प्रजाः।
आनन्दरूपास्तिष्ठन्ति कामायान्नं भविष्यतीति ॥10॥

हे प्राण जब आप मेघस्वरूप में वर्षा करते हैं, तब आपके ही सर्जनरूप ये सब प्राणी आनन्दविभोर हो उठते हैं और सोचते हैं कि हम जितना चाहें, उतना जल प्राप्त करेंगे।

व्रात्यस्त्वं प्राणैकर्षिरत्ता विश्वस्य सत्पतिः।
वयमाद्यस्य दातारः पिता त्वं मातरिश्वनः ॥11॥

हे प्राण! आप पतित हैं (क्योंकि आप प्रथम मानव होने से किसी के द्वारा आपका यज्ञोपवीत संस्कार नहीं किया गया है) और ऐसा होने पर भी आप 'एकर्षि' के नाम से विख्यात हुए अग्नि के स्वरूपवाले हैं। आप (आहुति में दिए गए मक्खन-घी को) खानेवाले हैं। आप इस विश्व के स्वामी हैं। हम (इन्द्रियाँ) आदिपुरुष ऐसे आपको खाने के लिए (आहुति रूप में घी-मक्खन) देनेवाले हैं। हे मातरिश्वा! आप हमारे पिता हैं। (अथवा हे प्राण! आप वायु के भी पिता हैं)।

या ते तनूर्वाचि प्रतिष्ठिता या श्रोत्रे या च चक्षुषि।
या च मनसि सन्तता शिवां तां कुरु मोत्क्रमीः ॥12॥

हमारी वाणी में आपका जो अंश अवस्थित है, हमारे श्रवण में आपका जो अंश विद्यमान है, हमारे देखने और विचार में आपका जो अंश है और समग्र रूप से मन के विविध कार्यों में जो आपका अंश है उन सभी अंशों को आप मंगलमय बनाइए। आप शरीर से बहिर्गमन न करें।

प्राणस्येदं वशे सर्वं त्रिदिवे यत्प्रतिष्ठितम्॥
मातेव पुत्रान् रक्षस्व श्रीश्च प्रज्ञां च विधेहि न इति ॥13॥

इति द्वितीयः प्रश्नः ॥2॥

तीन लोक में जो कुछ भी अस्तित्व में है, वह सब प्राण के वश में है। हम प्रार्थना करते हैं कि जिस तरह माता अपने पुत्रों की रक्षा करती है, उसी तरह हे प्राण! आप हमारा रक्षण कीजिए और कृपा करके हमें सद्बुद्धि भी दीजिए।

इस प्रकार प्रश्नोपनिषद् में दूसरा प्रश्न यहाँ समाप्त हुआ।

❋

अथ तृतीयः प्रश्नः

अथ हैनं कौसल्यश्चाश्वलायनः पप्रच्छ। भगवन् कुत एष प्राणो जायते कथमायात्यस्मिञ्छरीरे ? आत्मानं वा प्रविभज्य कथं प्रातिष्ठते ? केनोत्क्रमते कथं बाह्यमभिधत्ते कथमध्यात्ममिति ॥1॥

इसके बाद अश्वल के पुत्र कौसल्य ने ऋषि पिप्पलाद से पूछा—"हे भगवन्! यह प्राण कहाँ से आता है ? वह शरीर में किस तरह प्रवेश करता है ? किस तरह वह अपना विभाग करके इस शरीर में कार्य करता है ? और इस शरीर से बाहर निकलने के लिए वह किस तरह (किस उपाय से) काम लेता है ? प्राणी और पदार्थ जैसी बाह्य वस्तुओं को टिकाए रखने के लिए वह क्या करता है ? और शरीरगत भीतर के तत्त्वों को भी वह किस तरह आश्रय देता है ? (ज्ञानेन्द्रियादि को वह कैसे धारण करता है।)"

तस्मै स होवाचातिप्रश्नान्पृच्छसि ब्रह्मिष्ठोऽसीति तस्मात्तेऽहं ब्रवीमि ॥2॥

ऋषि पिप्पलाद ने कौसल्य से कहा कि "तुम्हारा प्रश्न बड़ा ही कठिन है। फिर भी तुम ब्रह्म में बड़ी निष्ठा रखते हो, इसलिए मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूँगा।"

आत्मन एष प्राणो जायते। यथैषा पुरुषे छायैतस्मिन्नेतदाततं मनोकृतेनायात्यस्मिञ्छरीरे ॥3॥

यह प्राण आत्मा में से उत्पन्न होता है। जिस तरह शरीर की अपनी परछाई होती है, उसी तरह प्राण आत्मा में छिपा हुआ (ओतप्रोत) होता है और वह जब इच्छा करता है, तब इस स्थूल शरीर में आता है (स्थूल शरीर धारण करता है)।

यथा सम्राडेवाधिकृतान्विनियुङ्क्ते। एतान् ग्रामानेतान् ग्रामानधितिष्ठस्वेत्येवमेवैष प्राण इतरान् प्राणान् पृथक् पृथगेव संनिधत्ते ॥4॥

जिस तरह कोई सम्राट् अपने प्रभुत्व में काम करनेवालों को "तुम अमुक-अमुक गाँवों में जाओ और उनकी देखभाल करो"—ऐसा कहकर नियुक्त करता है, उसी प्रकार यह प्राण भी अपने नीचे काम करनेवाले प्राणों और चक्षुरादि ज्ञानेन्द्रियों को उनके अपने-अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए नियुक्त करता है।

पायूपस्थेऽपानं चक्षुःश्रोत्रे मुखनासिकाभ्यां प्राणः स्वयं प्रतिष्ठते मध्ये तु समानः। एष ह्येतद्धुतमन्नं समं नयति तस्मादेताः सप्तार्चिषो भवन्ति ॥5॥

मलत्याग करनेवाली इन्द्रिय और प्रजननेन्द्रिय को सम्हालने के लिए यह प्राण अपान को नियुक्त करता है और आँख-कान-नाक-मुख को सम्हालने के लिए स्वयं अपने को नियुक्त करता है। शरीर के मध्य भाग की देखभाल करने के लिए समान नाम का प्राण को नियुक्त करता है। वह अन्न को रक्त के रूप में परिवर्तित कर देता है। इस प्राणरूपी जठरस्थित अग्नि से ये सात इन्द्रियाँ (दो आँखें, दो नथुने, दो कान और जीभ) हमको सही ज्ञान करानेवाली सात ज्वालाओं जैसी होती हैं।

हृदि ह्येष आत्मा। अत्रैतदेकशतं नाडीनां तासां शतं शतमेकैकस्यां द्वासप्ततिर्द्वासप्ततिः प्रतिशाखानाडीसहस्राणि भवन्त्यासु व्यानश्चरति ॥6॥

हृदय आत्मा का निवासस्थान है। इस हृदय में एक सौ एक नाड़ियाँ हैं। उन नाड़ियों में प्रत्येक की सौ-सौ शाखाएँ हैं और हर एक शाखा की बहत्तर-बहत्तर हजार उपशाखाएँ हैं। 'व्यान' नाम का प्राण इन नाड़ियों में (उनकी शाखाओं और उपशाखाओं में) भ्रमण करता रहता है।

अथैकयोर्ध्वं उदानः पुण्येन पुण्यं लोकं नयति पापेन पापमुभाभ्यामेव मनुष्यलोकम् ॥7॥

और यदि मनुष्य अच्छे कार्य करता है, तो 'उदान' नाम का प्राण उसे मृत्यु के समय में सुषुम्णा नाडी के द्वारा उत्तम (ऊर्ध्व) लोक में ले जाता है। यदि मनुष्य नीच कर्म करता है तो उसे अधम लोक में ले जाता है। यदि मनुष्य अच्छे और बुरे—दोनों प्रकार के कर्म समप्रमाण में करता है तो उसे मनुष्यलोक में ले जाता है जहाँ सामान्यतया मानवप्राणी जाया करते हैं।

आदित्यो ह वै बाह्यः प्राण उदयत्येष ह्येनं चाक्षुषं प्राणमनुगृह्णानः। पृथिव्यां या देवता सैषा पुरुषस्यापानमवष्टभ्यान्तरा यदाकाशः स समानो वायुर्व्यानः ॥8॥

जो सूर्य है, वह बाहर का प्राण है। यह सूर्य आँखों में स्थित प्राण पर मानो अनुग्रह करता हो वह इस तरह उदित होता है कि जिससे आँखें देख सकें। जो देव पृथ्वी के अधिष्ठाता हैं, वही यह प्राण है। यह प्राण अपने प्रभुत्व के नीचे काम करनेवाले अपानवायु पर नियन्त्रण रखता है। इसी वजह से धरती पर स्थित पदार्थ ऊँचे नहीं उड़ जाते या फिसल नहीं जाते। वह सभी वस्तुओं को अपनी-अपनी जगह पर ठीक-ठाक रख देता है। आकाश और पृथ्वी के बीच के अवकाश में एक और वायु भी है, इसे 'समान' कहा जाता है। वह वायु प्राण का एक दूसरा अनुचर है। इसके सिवा एक और भी अनुचर है, उसे 'व्यान' कहते हैं। वह साधारण वायु है, वह भीतर और बाहर—दोनों जगह है।

तेजो ह वा उदानस्तस्मादुपशान्ततेजाः। पुनर्भवमिन्द्रियैर्मनसि सम्पद्यमानैः ॥9॥

जो अग्नि है, वह उदान है। जब मनुष्य मृत्यु को प्राप्त होता है, तब उसके शरीर में से उष्णता चली जाती है और उसकी सभी इन्द्रियाँ मन में विलीन हो जाती हैं और वह अगले जन्म के लिए तैयार होता है।

यच्चित्तस्तेनैष प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः। सहात्मना यथासंकल्पितं लोकं नयति ॥10॥

यह मनुष्य मृत्यु के समय में जिस तरह सोचता है उन्हीं विचारों के साथ वह जीवात्मा प्राण के साथ जुड़ता है। बाद में वह समनस्क जीवात्मा वाला प्राण अग्नि (उदान) के साथ जुड़ता है। क्योंकि उदान उसका वाहक है। उस समय जीवात्मा की जो कामनाएँ हों, उस लोक में प्राण जीवात्मा को ले जाता है और उसके बाद जीवात्मा नया जन्म धारण करता है।

य एवं विद्वान्प्राणं वेद न हास्य प्रजा हीयतेऽमृतो भवति। तदेष श्लोकः ॥11॥

जो ज्ञानी मनुष्य इस प्राण को 'प्राण' के रूप में अर्थात् प्रजापति अथवा हिरण्यगर्भ के रूप में जानता है, उसके वंश का कभी विनाश नहीं होता (क्योंकि वह जानता है कि वह स्वयं और प्रजापति अर्थात् दोनों एक ही हैं)। और वह अमर भी हो जाता है। इसके समर्थन में यह श्लोक है—

उत्पत्तिमायतिं स्थानं विभुत्वं चैव पञ्चधा।
अध्यात्मं चैव प्राणस्य विज्ञायामृतमश्नुते ॥
विज्ञायामृतमश्नुते इति ॥12॥

इति तृतीयः प्रश्नः ॥3॥

प्राण वैश्विक आत्मा में से आता है (उत्पत्ति)। वह अपनी इच्छानुसार आकार धारण करता है (आयति) और इसके बाद शरीर के अलग-अलग भागों में अपने को प्रयोजित करता है। प्राण के ये अंश (आकार – भाग) अलग-अलग प्रकार के होने से उन्हें अलग-अलग काम सौंपे गए हैं। बाहर का प्राण सूर्यरूप में और भीतर का नेत्र के रूप में है। तुम यदि प्राण और उसके कार्यों को भलीभाँति जान लो तो तुम अमर हो जाओगे। क्योंकि तब तो तुम जानते ही हो कि तुम स्वयं ही वह प्राण हो।

इस प्रकार प्रश्नोपनिषद् में तीसरा प्रश्न यहाँ समाप्त हुआ।

❋

अथ चतुर्थः प्रश्नः

अथ हैनं सौर्यायणी गार्ग्यः पप्रच्छ। भगवन्नेतस्मिन्पुरुषे कानि स्वपन्ति कान्यस्मिन् जाग्रति कतर एष देवः स्वप्नान्पश्यति कस्यैतत्सुखं भवति कस्मिन्नु सर्वे सम्प्रतिष्ठिता भवन्तीति ॥1॥

इसके बाद गर्ग वंश के सौर्यायणी ने पिप्पलाद से पूछा—"हे भगवन्, इस मानव-शरीर में कौन से अंग सोकर आराम करते हैं ? और कौन से अंग सर्वदा जाग्रत् रहते हैं ? अंगों के इन दो वर्गों में (सक्रिय और निष्क्रिय—ऐसे दो वर्गों में) कौन-सा वर्ग स्वप्न देखने वाला होता। और गाढ़ निद्रा का सुख कौन-सा वर्ग प्राप्त करता है ? गाढ़ निद्रा के समय में ये सब अंग किस स्थान में रहते हैं ?

तस्मै स होवाच। यथा गार्ग्य मरीचयोऽर्कस्यास्तं गच्छतः सर्वा एतस्मिंस्तेजोमण्डल एकीभवन्ति। ताः पुनः पुनरुदयतः प्रचरन्त्येवं ह वै तत्सर्वं परे देवे मनस्येकीभवति। तेन तर्ह्येष पुरुषो न शृणोति न पश्यति न जिघ्रति न रसयते न स्पृशते नाभिवदते नादत्ते नानन्दयते न विसृजते नेयायते स्वपितीत्याचक्षते ॥2॥

तब पिप्पलाद ने उससे कहा—"हे गार्ग्य ! जब सूर्य अस्त होता है, तब उसकी सभी किरणें एकत्रित हो जाती हैं और सूर्य के तेजोमय शरीर में विलीन हो जाती हैं। परन्तु फिर से जब सूर्य उगता है, तब ये किरणें पुनः सभी दिशाओं में फैल जाती हैं। उसी प्रकार मनुष्य जब गाढ़ निद्रा में (सुषुप्ति में) लीन हो जाता है, तब उसकी सभी इन्द्रियाँ उनके शासक (नेता) रूप मन में चली जाती हैं एवं एकाकार हो जाती हैं। तब ये इन्द्रियाँ कुछ भी कार्य नहीं करतीं। फलतः मनुष्य इस अवस्था में सुनता

नहीं है, सूँघता नहीं है, स्वाद नहीं लेता, स्पर्श नहीं करता, बोलता नही है, स्वीकार भी नहीं करता, इन्द्रियों का आनन्द नहीं लेता, मल-मूत्र नहीं त्यागता है, चलता भी नही। लोग इसके विषय में कहते हैं कि 'वह सो रहा है'।

प्राणाग्नय एवैतस्मिन्पुरे जाग्रति। गार्हपत्यो ह वा एषोऽपानो व्यानोऽन्वाहार्यपचनो यद्गार्हपत्यात्प्रणीयते प्रणयनादाहवनीयः प्राणः ॥3॥

यह शरीर एक नगर जैसा है। जब हम सोये होते हैं, तब अग्नि सदृश प्राण तो जागते रहते हैं। जो **अपान** है, वह 'गार्हपत्य अग्नि' है, और जो **व्यान** है, वह 'अन्वाहार्य' नाम का पचन-अग्नि है अथवा वह दक्षिण का अग्नि है और जो **प्राण** है, वह 'आहवनीय' नाम का अग्नि है। क्योंकि उसे गार्हपत्य अग्नि में से अलग कर दिया जाता है (गार्हपत्य अग्नि प्रत्येक गृहस्थ के घर में सदैव जलता रहता है, कभी बुझता नहीं है)। यज्ञानुष्ठान के समय उस गार्हपत्याग्नि से अलग कर जो अग्नि यज्ञभूमि में लाया जाता है, वह 'आहवनीय' कहलाता है। वही दक्षिण दिशा में स्थान पाकर 'दक्षिणाग्नि' होता है। (यह मंत्र रूपकात्मक है)।

यदुच्छ्वासनिःश्वासावेतावाहुती समं नयतीति स समानः। मनो ह वाव यजमानः। इष्टफलमेवोदानः स एनं यजमानमहरहर्ब्रह्म गमयति ॥4॥

(शारीरिक क्रियाओं में 'मानसिक यज्ञ' का चिन्तन रूप अनुष्ठान यहाँ रूपकात्मक ढंग से उपनिषद् द्वारा बताया जा रहा है। तृतीय कण्डिका के ही अनुसन्धान में—) यहाँ मानस यज्ञ में **समान** नाम का प्राण पुरोहित माना जाता है। जिस प्रकार अग्निहोत्र यज्ञ में यज्ञ करानेवाले पुरोहित आहुति के दो समान भाग करते हैं, उसी तरह यह समान प्राण भी हमारे उच्छ्वासों और निःश्वासों को दो समान भागों में बाँट देता है और शरीर का सन्तुलन करता है। (इस मानस यज्ञ में) हमारा जो मन है वह पुरुषरूपी यजमान है। इसी के लिए यह (मानस) यज्ञ किया जाता है और जो **उदान** नाम का प्राण है, वह इच्छित यज्ञफल ही है, क्योंकि यह उदान ही प्रतिदिन जब मनुष्य निद्रावस्था में होता है तब मन को ब्रह्म की ओर ले जाता है।

अत्रैष देवः स्वप्ने महिमानमनुभवति। यद्दृष्टं दृष्टमनुपश्यति। श्रुतं श्रुतमेवार्थमनुशृणोति देशदिगन्तरैश्च प्रत्यनुभूतं पुनः पुनः प्रत्यनुभवति दृष्टं चादृष्टं च श्रुतं चाश्रुतं चानुभूतं चाननुभूतं च सच्चासच्च सर्वं पश्यति सर्वः पश्यति ॥5॥

जब हम स्वप्न देखते हैं (स्वप्नावस्था में होते हैं) तब हमारा मन अपनी महान् शक्तियों को देखता है। हमने जो कुछ जाग्रत् अवस्था में देखा होता है, वही सब हम स्वप्नावस्था में देखते हैं। उसी तरह जाग्रत् अवस्था का सुना हुआ सब कुछ हम फिर से (स्वप्न में) सुनते हैं। जाग्रत् अवस्था में हम बहुत-से स्थानों में और बहुत-से देशों में होते हैं, तो स्वप्न में हम उन्हीं स्थानों और देशों में वापिस लौटते हुए दिखाई देते हैं। देखी या अनदेखी, सुनी या अनसुनी, अनुभूत या अननुभूत, सही या झूठी—इन सभी वस्तुओं को हम स्वप्न में देख सकते हैं और उनका अनुभव कर सकते हैं। उन सभी वस्तुओं के साथ मानो हम एकरूप हो जाते हों, ऐसा अनुभव करते हैं।

स यदा तेजसाऽभिभूतो भवति अत्रैष देवः स्वप्नान्न पश्यत्यथ तदैतस्मिञ्छरीरे एतत्सुखं भवति ॥6॥

जब मन आत्मा के प्रकाश से अभिभूत हो जाता है तब, (अर्थात् जब कामनाओं के प्रवेश के लिए मन का दरवाजा बन्द हो जाता है तब) और जब तुम गाढ निद्रा की अवस्था में होते हो, तब मन किसी भी स्वप्न को नहीं देख सकता। तब तुम्हारे समग्र शरीर में और मन में बड़े (विस्तृत) सुख का भाव होता है।

स यथा सोम्य वयांसि वासो वृक्षं सम्प्रतिष्ठन्ते। एवं ह वै तत्सर्वं पर आत्मनि सम्प्रतिष्ठते ॥7॥

हे सौम्य! उदाहरणार्थ कह सकते हैं कि संध्या समय में जिस तरह पक्षी अपने घोंसले की ओर जाने का प्रयत्न करते हैं, उसी तरह इस जगत् के सभी पदार्थ आत्मा में वापिस लौटने का प्रयत्न करते हैं। अर्थात् वे आत्मचैतन्य में विलीन हो जाते हैं।

पृथिवी च पृथिवीमात्रा चापश्चापोमात्रा च तेजश्च तेजोमात्रा च वायुश्च वायुमात्रा चाकाशश्चाकाशमात्रा च चक्षुश्च द्रष्टव्यं च श्रोत्रं च श्रोतव्यं च घ्राणं च घ्रातव्यं च रसश्च रसयितव्यं च त्वक् च स्पर्शयितव्यं च वाक् च वक्तव्यं च हस्तौ चादातव्यं चोपस्थश्चानन्दयितव्यं च पायुश्च विसर्जयितव्यं च पादौ च गन्तव्यं च मनश्च मन्तव्यं च बुद्धिश्च बोद्धव्यं चाहङ्कारश्चाहंकर्तव्यं च चित्तं च चेतयितव्यं च तेजश्च विद्योतयितव्यं च प्राणश्च विधारयितव्यं च ॥8॥

पृथ्वी और पृथ्वी की सूक्ष्म मात्रा, जल और जल की सूक्ष्म मात्रा, अग्नि और अग्नि की सूक्ष्म मात्रा, वायु और उसकी सूक्ष्म मात्रा, आकाश और उसकी घटक सूक्ष्म मात्रा, आँख और जो देखा जाता है, कान और जो सुना जाता है, नाक और जो सूँघा जाता है, जीभ और जिसका स्वाद लिया जाता है, त्वचा और जिसका स्पर्श किया जा सकता है, वाणी और जो बोला जाता है, दो हाथ और ग्रहण की जाने वाली वस्तु, जननेन्द्रिय और आनन्दक्रिया, गुदेन्द्रिय और मलत्याग की क्रिया, दो पैर और गन्तव्य स्थान, मन और विचार, बुद्धि और बुद्धिगम्य विषय, अहंकार और अहंकार के विषय, स्मृति और स्मृतियोग्य विषय, तेज (ज्ञान) और ज्ञेय विषय, प्राण और प्राण के द्वारा जीवित पदार्थ (—यह सब उस समय आत्मा में विलीन हो जाता है)।

एष हि द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मा पुरुषः। स परेऽक्षर आत्मनि सम्प्रतिष्ठते ॥9॥

जो देखता है, स्पर्श करता है, सुनता है, सूँघता है, स्वाद लेता है, सोचता है, अनुभव करता है और कार्य करता है, जो इन्द्रियों को वश में रखता है और जो जीवात्मा (व्यष्टि चैतन्य) के रूप में पहचाना जाता है, वह वही है, यह जीवात्मा (व्यक्ति-चैतन्य) जो है, वह उच्चतम अविनाशी आत्मा पर अधिष्ठित है। (अपने स्वस्वरूप में जीवात्मा मिल जाता है अर्थात् उसका मोक्ष होता है)।

परमेवाक्षरं प्रतिपद्यते स यो ह वै तदच्छायमशरीरमलोहितं शुभ्रमक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य। स सर्वज्ञः सर्वो भवति। तदेष श्लोकः—॥10॥

हे सौम्य, यह आत्मा निष्कलंक है, रूपरहित (निराकार) है, वर्णरहित है और अविनाशी है। जो मनुष्य इस आत्मा को जानता है, वह उसी की (आत्मा की ही) तरह का हो जाता है अर्थात् वह स्वयं उच्चतम (परम) आत्मरूप और अविनाशी हो जाता है! ऐसा मनुष्य सर्वज्ञ होता है। उसे ऐसा अनुभव होता है कि वह मानो सबके साथ एकाकार हो गया है। इसके विषय में एक श्लोक है—

विज्ञानात्मा सह देवैश्च सर्वैः प्राणा भूतानि सम्प्रतिष्ठन्ति यत्र ।
तदक्षरं वेदयते यस्तु सोम्य । स सर्वज्ञः सर्वमेवाविवेशेति ॥11॥

इति चतुर्थः प्रश्नः ॥4॥

हे सौम्य ! गाढ निद्रा की (सुषुप्ति की) अवस्था में यह जीवात्मा इन्द्रियों के देवों के साथ, इन्द्रियों के साथ तथा अन्य तत्त्वों के साथ अविनाशी आत्मतत्त्व में विश्रान्ति लेता है । जब मनुष्य जाग्रत् अवस्था में भी ऐसा (सुषुप्ति जैसा ही) अनुभव करे कि वह अविनाशी परमात्मा के साथ एकरूप ही है, तब वह सर्वरूप हो जाता है और सबमें वह प्रविष्ट हो जाता है ।

इस प्रकार प्रश्नोपनिषद् में चौथा प्रश्न यहाँ समाप्त हुआ ।

❋

अथ पञ्चमः प्रश्नः

अथ हैनं शैब्यः सत्यकामः पप्रच्छ । स यो ह वै तद्भगवन्मनुष्येषु प्रायणान्तमोङ्कारमभिध्यायीत । कतमं वाव स तेन लोकं जयतीति । तस्मै स होवाच ॥1॥

इसके बाद शिवि का पुत्र सत्यकाम ऋषि पिप्पलाद से पूछता है कि—"हे गुरो ! यदि कोई मनुष्य जीवनपर्यन्त ओम्कार का ध्यान करता रहे, तो वह इस ध्यान के द्वारा किस विशिष्ट लोक को प्राप्त करता है ?" तब पिप्पलाद ने कहा—

एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोङ्कारः ।
तस्माद्विद्वानेतेनैवाऽयतनेनैकतरमन्वेति ॥2॥

हे सत्यकाम ! यह सुविख्यात 'ॐ' दोनों प्रकार के ब्रह्म के लिए—सगुण (अपर) ब्रह्म और निर्गुण (पर) ब्रह्म के लिए भी प्रतीक रूप में है । जो इसको जानता है, वह (ज्ञानी) इस 'ॐ' का (अनिवार्य) प्रतीक के रूप में उपयोग करता है और इसका ध्यान करता है और अन्त में उन दोनों प्रकार के ब्रह्म में से एक को प्राप्त होता है ।

स यद्येकमात्रमभिध्यायीत स तेनैव संवेदितस्तूर्णमेव जगत्यामभिसम्पद्यते । तमृचो मनुष्यलोकमुपनयन्ते । स तत्र तपसा ब्रह्मचर्येण श्रद्धया सम्पन्नो महिमानमनुभवति ॥3॥

जो कोई मनुष्य ॐ के तीन अक्षरों में से 'अ' जैसे किसी भी एक अक्षर का ध्यान करता है, तो वह उसे ज्ञानी बनाने के लिए पर्याप्त है । ऐसा ज्ञानी फिर से तुरन्त ही इस जगत् में जन्म धारण करेगा । 'ॐ' का 'अ' अक्षर ऋग्वेद का प्रतिनिधित्व करता है । वह उसे फिर से मनुष्ययोनि में जन्म लेने के लिए ले जाता है । इस प्रकार मनुष्य योनि में जन्मा हुआ वह मनुष्य तप और ब्रह्मचर्य का सेवन करता है तथा ईश्वर और शास्त्रों में निष्ठा रखता है । ऐसे सद्गुणों की वजह से वह अन्य लोगों से 'विशिष्ट' होता है ।

अथ यदि द्विमात्रेण मनसि सम्पद्यते सोऽन्तरिक्षं यजुर्भिरुन्नीयते सोमलोकम् । स सोमलोके विभूतिमनुभूय पुनरावर्तते ॥4॥

यदि कोई साधक 'ॐ' के द्वितीय अक्षर 'उ' पर ध्यान धरता है, तो वह स्वयं समृद्ध होता है, अर्थात् अक्षर के साथ तादात्म्य की भावना से भर जाता है और उसके मृत्यु-समय में वह अक्षर ('उ') उसे अन्तरिक्ष में (स्वर्ग और पृथ्वी के बीच के अवकाश में) ले जाकर चन्द्रलोक की ओर ले जाता है । यह द्वितीय अक्षर यजुर्वेद का प्रतिनिधित्व करता है । वह साधक वहाँ चन्द्रलोक में प्राप्य कई अद्भुत भोग भोगता है । बाद में फिर से पृथ्वी पर मानव प्राणी के रूप में वापस लौटता है ।

यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्येतेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये सम्पन्नः । यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यत एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं स एतस्माज्जीवघनात्परात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते । तदेतौ श्लोकौ भवतः—॥5॥

जो साधक तीन अक्षरवाले 'ॐ' के ध्यान द्वारा समष्टि चैतन्य की उपासना करता है, वह प्रकाशित सूर्य में लीन हो जाता है । जिस प्रकार साँप अपनी पुरानी केचुल को उतारकर मुक्त हो जाता है, उसी तरह यह साधक भी अपने सभी पापों से मुक्त होने में समर्थ हो जाता है । तब साम के मन्त्र उसे ब्रह्मलोक की ओर ले जाते हैं । वहाँ उसे ऐसी अनुभूति होती है कि वह ब्रह्म के साथ एकरूप हो गया है । वह हिरण्यगर्भ से भी उच्चतर है । उसे लगता है कि वह सर्वत्र और सभी प्राणियों में है । इस विषय में यहाँ दो श्लोक हैं—

तिस्रो मात्रा मृत्युमत्यः प्रयुक्ता अन्योन्यसक्ता अनुविप्रयुक्ताः ।
क्रियासु बाह्याभ्यन्तरमध्यमासु सम्यक्प्रयुक्तासु न कम्पते ज्ञः ॥6॥

जो साधक 'ॐ' की तीनों मात्राओं का अलग-अलग ध्यान करता है, वह अन्त में मृत्यु के अधीन होकर ही रहता है । परन्तु यदि तीनों मात्राओं को एक साथ ही लिया जाए, तो उसका वही ध्यान सही रूप में होता है । जाग्रत् अवस्था, गाढ सुषुप्ति की अवस्था और उन दोनों के बीच की अवस्था (अर्थात् स्वप्नावस्था) का प्रतिनिधि (अध्यक्ष) देव तो एक ही है । यदि तुम इस देव का ठीक तरह से ध्यान करने में समर्थ हो, तब तो तुम 'ॐ' का सही अर्थ जान सकोगे और जब एक बार तुमने वह अर्थ जान लिया, तब तुम भय का अतिक्रमण कर जाओगे ।

ऋग्भिरेतं यजुर्भिरन्तरिक्षं सामभिर्यत् तत्कवयो वेदयन्ते । तमोङ्कारेणैवाऽऽयतनेनान्वेति विद्वान् यत्तच्छान्तमजरममृतमभयं परं चेति ॥7॥

इति पञ्चमः प्रश्नः ॥5॥

यदि तुम 'ॐ' का ब्रह्मस्वरूप में (ब्रह्म के प्रतीक रूप में) ध्यान करो, तो ऋग्वेद के मंत्र तुम्हें मानवीय लोक (स्त्री और पुरुष के लोक) की प्राप्ति कराने में सहायक होंगे । यजुर्वेद के मंत्र चन्द्रलोक की प्राप्ति करवाने में तुम्हारी सहायता करेंगे । सामवेद के मन्त्र ब्रह्मलोक की प्राप्ति में तुम्हारे सहायक होंगे । उस ब्रह्मलोक को तो केवल ज्ञानी मनुष्य ही प्राप्त कर सकते हैं । और भी—इस 'ॐ' के द्वारा ही तुम शान्ति और निर्भयता प्राप्त कर सकते हो और उसी से तुम अपनी जीर्णता को दूर कर सकते हो । अमरता प्राप्त कर सकते हो, विश्वचैतन्य (परमात्मा) के साथ ऐक्य स्थापित कर सकते हो ।

इस प्रकार प्रश्नोपनिषद् में पाँचवाँ प्रश्न यहाँ समाप्त हुआ ।

❋

अथ षष्ठः प्रश्नः

अथ हैनं सुकेशा भारद्वाजः पप्रच्छ । भगवन्हिरण्यनाभः कौसल्यो राजपुत्रो मामुपेत्यैतं प्रश्नमपृच्छत् । षोडशकलं भारद्वाज पुरुषं वेत्थ । तमहं कुमारमब्रवं नाहमिमं वेद । यद्यहमिममवेदिषं कथं ते नावक्ष्यमिति । समूलो वा एष परिशुष्यति योऽनृतमभिवदति तस्मान्नार्हाम्यनृतं वक्तुम् । स तूष्णीं रथमारुह्य प्रवव्राज । तं त्वा पृच्छामि क्वासौ पुरुष इति ॥1॥

अब भरद्वाज के पुत्र सुकेशा ने पिप्पलाद से पूछा कि—"हे भगवन् ! कोसल के राजपुत्र हिरण्यनाभ ने एक बार मेरे पास आकर मुझसे पूछा था कि 'हे भरद्वाजपुत्र ! क्या तुम सोलह कला (अवयव) वाले उस पुरुष को जानते हो ?' तब मैंने राजपुत्र से कहा था कि 'उसके विषय में मैं तो कुछ नहीं जानता। यदि जानता होता तो तुमसे भला क्यों नहीं कहता ? और मैं यदि कुछ झूठा-सा बोल भी दूँ, तब तो मेरा मूलसहित नाश ही हो जाएगा ! इसलिए मैं झूठ तो बोल नहीं सकता।' (यह सुनकर) राजपुत्र तो शान्ति से अपने रथ पर चढ़ कर चला गया। तो अब मैं आपसे पूछता हूँ कि वह पुरुष है कहाँ ?"

तस्मै स होवाच । इहैवान्तःशरीरे सोम्य स पुरुषो यस्मिन्नेताः षोडशकलाः प्रभवन्तीति ॥2॥

पिप्पलाद ने उससे कहा कि—हे सौम्य, वह सोलह कला वाला पुरुष (आत्मा) यहीं शरीर में हृदयकमल के बीच के अवकाश में अवस्थित है और (प्राण आदि) सोलह कलाएँ (अंश) इस आत्मा में से फूट निकलती हैं।

स ईक्षांचक्रे । यस्मिन्नहमुत्क्रान्त उत्क्रान्तो भविष्यामि कस्मिन्वा प्रतिष्ठिते प्रतिष्ठास्यामीति ॥3॥

उस पुरुष ने (अन्तःस्थ आत्मा ने) सोचा कि इस शरीर में से कौन-सा ऐसा कुछ (तत्त्व) चला जाता है कि जिससे मुझे ऐसा लग रहा है कि मानो मैं ही शरीर में से चला (छोड़े) जा रहा हूँ ? और इसी तरह से शरीर में ऐसा कौन है, जिससे मुझे लगता है कि मानो मैं ही शरीर में हूँ ?

स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियं मनः । अन्नमन्नाद्वीर्यं तपो मन्त्राः कर्म लोका लोकेषु नाम च ॥4॥

उस पुरुष ने (सर्वसद्गुणसम्पन्न सगुण ब्रह्म ने) प्राणात्मारूप हिरण्यगर्भ का सर्जन किया। इसके बाद उस हिरण्यगर्भ से श्रद्धा उत्पन्न हुई और उस श्रद्धा में से अवकाश प्रकट हुआ। उस अवकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी और पृथ्वी से इन्द्रियावयव उत्पन्न हुए। इसके बाद उसने (सगुण ब्रह्म ने) मन और बाद में अन्न को उत्पन्न किया और बाद में अन्न में से वीर्य, तप, वेद, यज्ञ, स्वर्गादि लोक और उन लोकों की अलग-अलग कक्षाएँ और उनके नाम—ये सब प्रकट किए।

स यथेमा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रायणाः समुद्रं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते तासां नामरूपे समुद्र इत्येवं प्रोच्यते । एवमेवास्य परिद्रष्टुरिमाः षोडशकलाः पुरुषायणाः पुरुषं प्राप्यास्तं गच्छन्ति भिद्येते तासां नामरूपे पुरुष इत्येवं प्रोच्यते स एषोऽकलोऽमृतो भवति । तदेष श्लोकः ॥5॥

इसका एक उदाहरण यह है कि नदियाँ जब तक सागर से नहीं मिलती हैं, तब तक तो अपना प्रवाह चालू ही रखती हैं, पर ज्यों ही सागर से मिलती हैं कि तुरन्त उनका प्रवाह अस्त हो जाता है और उनके नाम और रूप नष्ट हो जाते हैं। बाद में तो वे सागर के ही नाम से पहचानी जाती हैं। ठीक इसी तरह अपने सही स्वरूप को जाननेवाला ज्ञानी उस पुरुष की (सगुण ब्रह्म की) ओर गति करता हुआ जब उससे मिल जाता है, तब उसकी ये प्राण आदि सोलहों कलाएँ अस्त हो जाती हैं और वह स्वयं 'पुरुष' (सगुण ब्रह्म) ही हो जाता है। वह प्राणादि कलाओं से रहित हो जाता है। यहाँ एक श्लोक है—

अरा इव रथनाभौ कला यस्मिन्प्रतिष्ठिताः ।
तं वेद्यं पुरुषं वेद यथा मा वो मृत्युः परिव्यथा इति ॥6॥

जैसे रथ के पहियों की धुरी पर उसके आरे आश्रित होते हैं, उसी प्रकार उस पुरुष (जीवचैतन्य) में गुण आधारित रहते हैं। बाहर और भीतर (दोनों स्थलों में) वे गुण उसी पर आधारित हैं। इस पुरुष के सच्चे स्वरूप को जानने का प्रयत्न करो। यदि तुम उसे जान लोगे तो मृत्यु तुम्हारा स्पर्श करने में समर्थ नहीं होगी।

तान्होवाचैतावदेवाहमेतत्परं ब्रह्म वेद नातः परमस्तीति ॥7॥

पिप्पलाद ने अपने उन शिष्यों से कहा कि—"परब्रह्म के सम्बन्ध में इतना ही जानता हूँ। इसके सम्बन्ध में और अधिक जानना कुछ बाकी नहीं रहता"।

ते तमर्चयन्तस्त्वं हि नः पिता योऽस्माकमविद्यायाः परं पारं तारयसीति ।
नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः ॥8॥

इति षष्ठः प्रश्नः ॥6॥

इति प्रश्नोपनिषत् समाप्ता ॥

इसके बाद उन शिष्यों ने उन पिप्पलाद ऋषि की पूजा करते हुए कहा कि—"आप तो हमारे पिता हैं, जिन्होंने अविद्या के उस पार तक पहुँचा दिया है। परमर्षि ऐसे आपको हमारा नमस्कार हो, नमस्कार हो।"

इस प्रकार प्रश्नोपनिषद् में छठा प्रश्न यहाँ समाप्त होता है।

इस प्रकार प्रश्नोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(5) मुण्डकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह मुण्डकोपनिषद् अथर्ववेदान्तर्गत होने से 'आथर्वणोपनिषद्' के नाम से भी पहचानी जाती है। आकर्षक कवित्व, रोचक और स्पष्ट अभिव्यक्ति तथा उच्चतम विचारों के कारण यह बहुत लोकप्रिय है। इस उपनिषद् के प्रकरणों का नाम 'मुण्डक' रखा गया है। उपनिषद् में ऐसे तीन मुण्डक हैं। प्रत्येक मुण्डक के दो-दो उपविभाग हैं, उन उपविभागों को 'खण्ड' नाम दिया गया है। इस उपनिषद् में मन्त्रों की कुल संख्या 65 है।

यह मुण्डकोपनिषद् भी अन्यान्य उपनिषदों की ही तरह केवल पारमार्थिक अर्थात् उच्चतम ज्ञान की ही चर्चा-विचारणा करती है। कौन-सा है यह ज्ञान, कौन-सा है यह सत्य ? शंकर तो कहते हैं वह सत्य केवल एक ब्रह्म ही है, शेष सारा जगत् तो मिथ्या ही है। यह सत्य पारमार्थिक-उच्चतम-त्रिकालाबाधित सत्य है। यह कोई सापेक्ष सत्य (नियतकालिक सत्य) नहीं है। परिवर्तनशील और नियतकालिक को 'मिथ्या' कहते हैं। जैसे समय की सापेक्षता है, वैसी ही देश (स्थल) की भी सापेक्षता है। एक स्थल में दिखाई देने वाली सत्य वस्तु अन्य स्थल में सत्य नहीं भी हो सकती। जैसे काल-सापेक्ष वस्तु मिथ्या है, वैसे देश-सापेक्ष वस्तु भी तो मिथ्या ही है। यह जगत् काल-सापेक्ष और देश-सापेक्ष दोनों है, इसलिए 'मिथ्या' है। वह भावात्मक होने पर भी मिथ्या है—यह वैचित्र्य है।

उपनिषद् ग्रन्थ अन्य एक बात का भी विचार करते हैं। वह यह कि तुममें, मुझमें और हम सब में जो व्यक्तिगत चैतन्य है, वह अलग-अलग दिखाई देता है, परन्तु वास्तव में वह चैतन्य सर्वव्यापी ब्रह्मरूप ही है; दिखाई देना तो मिथ्या है। वास्तव में हम सब दिव्य हैं, परन्तु हमें अपना सही स्वरूप मालूम नहीं है। इसीलिए तो हम दुःखी हुआ करते हैं। उपनिषदें हमारे इस अज्ञान को दूर करने का प्रयत्न करती हैं। वे हमें कहती हैं—'तत्त्वमसि'—वह तू ही है। तुम्हीं वह सत्-तत्त्व हो। तुम दिव्य हो, तुम यह शरीर नहीं हो, तुम मन भी नहीं हो। तुम्हारे अस्तित्व का सत्त्व पारमार्थिक सत्ता ही है। तुम कभी भी मरते नहीं हो। आत्मा कभी नहीं मरता। वह कभी जन्मा भी नहीं है। तुम कभी परिवर्तन प्राप्त नहीं करते हो। तुम्हें कभी दुःख नहीं होता। तुम सदा के लिए एकसमान, विशुद्ध, आनन्दमय आत्मा ही हो। यह उपनिषदों का सन्देश है। सभी उपनिषदें और मुख्य रूप से यह 'मुण्डकोपनिषद्' यह बोध कराती है।

'मुण्डक' शब्द का वाच्यार्थ तो 'मुण्डन करने वाला' अर्थात् मस्तक को केशविहीन करने वाला होता है। इसका भावार्थ तो यह निकलता है कि जिन लोगों ने अपना सिर मुँडवा दिया हो, ऐसे लोगों का यह ज्ञान है। अर्थात् जिन लोगों ने संसार के सर्वस्व का त्याग किया हो, मस्तक मुँडवा दिए हों, संन्यासी हो गए हों, उन्हीं के लिए यह उपनिषद् उपादेय है। परन्तु, सन्दर्भ देखने में 'मुण्डक' शब्द का एक दूसरा अर्थ भी प्राप्त होता है। 'मुण्डक' शब्द का दूसरा अर्थ है—'दूर करने वाला'। इस प्रकार का अर्थ लें तो यह 'मुण्डकोपनिषद्' हमारे अज्ञान को दूर करती है। किसका है यह अज्ञान ? यह अज्ञान जगत् के सही स्वरूप का

अज्ञान है और साथ-ही-साथ अपने सच्चे स्वरूप का अज्ञान है। कुछ भी हो, पर हम वास्तविक रूप में ब्रह्म ही हैं। दुःखद यह है कि यह हम जानते नहीं। हम दिव्य हैं—यह हमें मालूम नहीं। इसका हमें पूर्ण अज्ञान है। इस मुण्डकोपनिषद् से हमें अपना वह अज्ञान दूर करना है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

ॐ हे देवो ! हम अपने कानों से अच्छी बातें ही सुना करें। जिन्हें हम पूजते हैं ऐसे हे देवो ! हम अपनी आँखों से सदैव शुभ दृश्यों को ही देखा करें। हम अपने सुदृढ़ अंगों से युक्त शरीर के द्वारा आपकी स्तुति करते रहें। हम देवों का दिया हुआ जितना आयुष्य है, उसे भोगते रहें।

व्यक्तियों के लिए शान्ति हो, पर्यावरणीय शान्ति हो, प्राणी-जगत् के लिए शान्ति हो (अर्थात् सबके लिए शान्ति हो)।

प्रथमं मुण्डकम्

प्रथमः खण्डः

ॐ ब्रह्मा देवानां प्रथमः सम्बभूव विश्वस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता।
स ब्रह्मविद्यां सर्वविद्याप्रतिष्ठामथर्वाय ज्येष्ठपुत्राय प्राह॥1॥

देवों में सबसे पहले ब्रह्मा प्रकट हुए। वे विश्व के सर्जक थे और विश्व के आधार भी थे। ब्रह्मा ने अपने सबसे बड़े पुत्र अथर्वा को सर्वज्ञानों में श्रेष्ठ ऐसी ब्रह्मविद्या दी।

अथर्वणे यां प्रवदेत ब्रह्माऽथर्वा तां पुरोवाचाङ्गिरे ब्रह्मविद्याम्।
स भारद्वाजाय सत्यवाहाय प्राह भारद्वाजोऽङ्गिरसे परावराम्॥2॥

जो ब्रह्मज्ञान ब्रह्मा ने अथर्वा को दिया था, बाद में अथर्वा ने वह ज्ञान अंगिरा को दिया। इसके बाद अङ्गिरा ने वही ज्ञान भारद्वाजकुल में उत्पन्न हुए सत्यवाह नाम के ऋषि को दिया था। इसी ज्ञान को बाद में सत्यवाह ने गुरु-शिष्य परम्परा के अनुसार अङ्गिरस को दिया।

शौनको ह वै महाशालोऽङ्गिरसं विधिवदुपसन्नः पप्रच्छ।
कस्मिन्नु भगवो विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवतीति॥3॥

उन अंगिरस के पास (एक दिन) विशाल घर वाला (विशिष्ट धनिक गृहस्थ) शौनक विधिपूर्वक अर्थात् शास्त्रविहित नियमानुसार जिज्ञासु के रूप में आ पहुँचा। आकर वह उनसे (अंगिरस से) पूछा कि—'हे भगवन् ! ऐसा कौन-सा एक तत्त्व है कि जिसके जानने से यह सब जाना जा सकता है ?

तस्मै स होवाच। द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद्ब्रह्मविदो वदन्ति परा
चैवापरा च॥4॥

अंगिरस ने शौनक से कहा—"जिन्होंने ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त किया है, वे कहते हैं कि विद्याएँ (ज्ञान) दो प्रकार की हैं। एक प्रकार ब्रह्मज्ञान-परक है, और दूसरा प्रकार भौतिकज्ञान-परक है। (परा=उच्चतम ब्रह्मविषयक और अपरा = भौतिक ज्ञानविषयक हैं।)

तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः शिक्षा कल्पो व्याकरणं
निरुक्त छन्दो ज्योतिषमिति। अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते ॥5॥

'अपरा' (भौतिक) और 'परा' (आध्यात्मिक)—इन दो विद्याओं में से जो 'अपरा' है उसमें ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा (स्वरशास्त्र), कल्प (यज्ञीय विधि-विधान), व्याकरण, निरुक्त (व्युत्पत्तिशास्त्र), छन्द और ज्योतिष (खगोलशास्त्र) का समावेश होता है। जबकि जो परा विद्या है, वह ऐसी है कि जिससे मनुष्य ब्रह्म को जान सकता है, जो ब्रह्म 'अक्षर' (अविनाशी) है।

यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रमवर्णमचक्षुःश्रोत्रं तदपाणिपादम्।
नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं तदव्ययं तद्भूतयोनिं परिपश्यन्ति धीराः ॥6॥

वह अदृश्य तत्त्व है (अवाङ्मनसगोचर है), उसे कर्मेन्द्रियाँ कभी पकड़ नहीं पातीं। उसका कोई मूल कारण नहीं होता। वह नीरूप अर्थात् निर्गुण है। उसकी चक्षुःश्रोत्रादि ज्ञानेन्द्रियाँ और हाथ-पैर आदि कर्मेन्द्रियाँ भी नहीं होतीं। वह अविनाशी है और आकाश की तरह सबको आच्छादित कर स्थित है। वह बहुत ही सूक्ष्म है। सभी प्राणियों का वह उपादान कारण (मूलस्रोत) है। ऐसे ब्रह्म को विवेकशील पुरुष सभी स्थानों और सभी प्राणियों में देखते हैं।

यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च यथा पृथिव्यामोषधयः सम्भवन्ति।
यथा सतः पुरुषात्केशलोमानि तथाक्षरात्सम्भवतीह विश्वम् ॥7॥

जिस प्रकार मकड़ी अपने शरीर में से ही जाल बाहर निकालती है और फिर उसको अपने शरीर में ही वापस खींच लेती है; पृथ्वी में भी जिस तरह वनस्पतियाँ (वृक्ष) आदि उत्पन्न होती हैं और जिस तरह पुरुष के केश आदि भी उसके शरीर के भीतर से ही उग निकलते हैं, ठीक उसी तरह जगत् अक्षर में से (ब्रह्म में से) फूट निकलता है।

तपसा चीयते ब्रह्म ततोऽन्नमभिजायते।
अन्नात्प्राणो मनः सत्यं लोकाः कर्मसु चामृतम् ॥8॥

ब्रह्म स्वयं अपने चिन्तन से आप ही अभिव्यक्त होता है। (प्रथम वह सर्जनबीज के रूप में प्रकट होता है)। उस बीज में से (अन्न में से = सक्रिय मायाशक्तिरूप सर्जनबीज में से) प्राण (हिरण्यगर्भ=ब्रह्म का प्रथम व्यक्तिरूप) उत्पन्न होता है। उस प्राण में से वैश्विक मन आता है। उसके बाद पाँच महाभूत और चौदह लोक आविष्कृत होते हैं और उनमें फल से सदैव जुड़े हुए कर्मों की प्रक्रिया अनन्तकाल तक चलती रहती है।

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तपः।
तस्मादेतद्ब्रह्म नाम रूपमन्नं च जायते ॥9॥

इति प्रथममुण्डके प्रथमः खण्डः ॥1॥

वह ब्रह्म सामान्यतः सब जानता है और विशेषरूप से भी सब कुछ जानता है। ज्ञानरूप उसका तप है। उस परब्रह्म में से यह अपरब्रह्म (हिरण्यगर्भ) आता है तथा नाम, रूप और अन्न जैसी कुछ कक्षाएँ भी आती हैं।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषद् के प्रथम मुण्डक में प्रथम खण्ड समाप्त हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

तदेतत्सत्यं मन्त्रेषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यंस्तानि त्रेतायां बहुधा
सन्ततानि। तान्याचरथ नियतं सत्यकामा एष वः पन्थाः सुकृतस्य
लोके ॥1॥

यहाँ सच बात तो यह है कि वेदमन्त्रों में विद्वानों ने बहुत-से अनुष्ठान कर्म (अश्वमेधादि यज्ञकर्म) देखे हैं। इतना ही नहीं, उन तीनों वेदों के मन्त्रों को उन्होंने भाँति-भाँति प्रकार से समझाया भी है। अगर तुम अपनी मनचाही वस्तु प्राप्त करना चाहते हो, तो सदैव उन यज्ञकर्मों का आचरण करते रहो। सत्कार्य करनेवालों के लिए इष्टप्राप्ति का यह मार्ग है।

यदा लेलायते ह्यर्चिः समिद्धे हव्यवाहने।
तदाज्यभागावन्तरेणाहुतीः प्रतिपादयेत् ॥2॥

जब अग्नि प्रज्वलित होकर उसकी ज्वालाएँ धधक उठें, तब उस अग्नि की दोनों ओर की करवटों के बीच के भाग में घी की आहुतियाँ प्रदान करें।

यस्याग्निहोत्रमदर्शमपौर्णमासमचातुर्मास्यमनाग्रयणमतिथिवर्जितं च।
अहुतमवैश्वदेवमविधिना हुतमासप्तमांस्तस्य लोकान्हिनस्ति ॥3॥

जिस मनुष्य का अग्निहोत्रानुष्ठान दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य, आग्रयण आदि आनुषंगिक यज्ञों से रहित हो और जहाँ अतिथि-सत्कार न होता हो, होम न किया जाता हो, वैश्वदेव न किया जाता हो, अनुष्ठानों में शास्त्रीय विधि में क्षतियाँ होती हों तो वहाँ ऐसे लोगों के सातों लोक नष्ट हो जाते हैं।

काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता या च सुधूम्रवर्णा।
स्फुलिङ्गिनी विश्वरुची च देवी लेलायमाना इति सप्त जिह्वाः ॥4॥

इस यज्ञाग्नि की सात जिह्वाएँ—काली, कराली, मनोजवा, सुलोहिता, सुधूम्रवर्णा, स्फुलिंगिनी और विश्वरुची देवी नाम की हैं। ऐसे नामों वाली ये जिह्वाएँ विशिष्ट आहुतियों के लिए हैं।

एतेषु यश्चरते भ्राजमानेषु यथाकालं चाहुतयो ह्याददायन्।
तं नयन्त्येताः सूर्यस्य रश्मयो यत्र देवानां पतिरेकोऽधिवासः ॥5॥

चारों ओर घूमती हुई इन तेजस्वी अग्निज्वालाओं में शास्त्रविहित समय पर जो मनुष्य अग्निहोत्र का अनुष्ठान करता है, उस मनुष्य के लिए ये आहुतियाँ सूर्यकिरणों में रूपान्तरित हो जाती हैं और उसे ऊपर उठाकर देवों के एकमात्र अध्यक्ष (इन्द्र) के उच्चतम लोक में ले जाती हैं।

एह्येहीति तमाहुतयः सुवर्चसः सूर्यस्य रश्मिभिर्यजमानं वहन्ति।
प्रियां वाचमभिवदन्त्योऽर्चयन्त्य एष वः पुण्यः सुकृतो ब्रह्मलोकः ॥6॥

वे तेजोमय आहुतियाँ उसको "आओ आओ, अपने कर्मों के परिणामरूप यह स्वर्गलोक तुमने प्राप्त किया है"—ऐसे अच्छे-अच्छे शब्दों से उसका अभिनन्दन करती हुई, उसके प्रति बहुत आदरभाव प्रकट करती हुई सूर्यकिरणों में रूपान्तरित हो जाती हैं और उस यज्ञकर्ता को स्वर्ग में ले जाती हैं।

प्लवा ह्येते अदृढा यज्ञरूपा अष्टादशोक्तमवरं येषु कर्म ।
एतच्छ्रेयो येऽभिनन्दन्ति मूढा जरामृत्युं ते पुनरेवापि यन्ति ॥7॥

अठारह ऋत्विज् के समूह (यज्ञ में यजमान, यजमान-पत्नी और अन्य सोलह यज्ञसहायक) द्वारा किए जाने वाले यज्ञरूपी तरापे तो दुर्बल हैं। ये निर्दिष्ट यज्ञ तो निम्नकोटि के कर्म ही हैं। जो मूढ लोग (इन निम्नकोटि के कर्मों को) श्रेयस्कर अर्थात् कल्याणकारी मानकर उनकी प्रशंसा करते हैं, वे बार-बार वृद्धावस्था और मृत्यु के दु:ख भोगते हैं।

अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डितंमन्यमानाः ।
जङ्घन्यमानाः परियन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथान्धाः ॥8॥

ऐसे कुछ लोग हैं, जो अज्ञान में ही डूबे हुए हैं, फिर भी वे मूर्ख लोग अपने आपको धीर, विवेकी और पण्डित (सर्वज्ञ) मानते हैं। ऐसे लोग एक दूषण में से दूसरे दूषण में जाया करते हैं और अंधे आदमी के द्वारा प्रेरित अन्धों की तरह चारों ओर भटका करते हैं।

अविद्यायां बहुधा वर्तमाना वयं कृतार्था इत्यभिमन्यन्ति बालाः ।
यत्कर्मिणो न प्रवेदयन्ति रागात्तेनातुराः क्षीणलोकाश्च्यवन्ते ॥9॥

कई प्रकार के अज्ञान में डूबे हुए ये लोग बच्चों की तरह मूर्ख होते हुए भी, "हम तो धन्य-धन्य हो गए हैं"—ऐसा (झूठा) गर्व करते हैं। पर वास्तव में तो ऐसे लोग आसक्ति से ही काम करनेवाले हैं और आत्मज्ञान के सही मार्ग को जानते ही नहीं। इसलिए उनके किए हुए कर्मों के फल भोगने के बाद दु:खी हो जाते हैं और स्वर्गनिवास के अधिकार को गँवा देते हैं।

इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं नान्यच्छ्रेयो वेदयन्ते प्रमूढाः ।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति ॥10॥

कुछ अत्यन्त मूर्ख लोग यज्ञानुष्ठानादि इष्टकर्मों और गृह-उद्यान निर्माणादि लोकहित के कार्यों (आपूर्त) को ही सबसे श्रेष्ठ समझते हैं, पर उन्हें यह पता नहीं है कि इससे भी अधिक उत्तम काम है। ठीक है, अपने सत्कर्मों से वे कुछ समय स्वर्गसुख भोग तो लेते हैं, पर वहाँ नियत समय पूरा करके इस मनुष्यलोक में मनुष्ययोनि में अथवा तो उससे भी निम्न पशु आदि की योनियों में वापिस लौट आते हैं।

तपःश्रद्धे ये ह्युपवसन्त्यरण्ये शान्ता विद्वांसो भैक्षचर्यां चरन्तः ।
सूर्यद्वारेण ते विरजाः प्रयान्ति यत्रामृतः स पुरुषो ह्यव्ययात्मा ॥11॥

जो लोग शान्त और विद्वान् हैं, भिक्षा माँगकर जीनेवाले हैं, वन में (रहकर) तपश्चर्या और चरम जीवनलक्ष्य की उपासना करनेवाले हैं, वे लोग विशुद्ध चित्तवाले हो जाते हैं। वे सूर्य के दरवाजे से होकर उत्तरायण के मार्ग में, जहाँ वह शाश्वत और अविनाशी पुराणपुरुष (हिरण्यगर्भ) रहता है, वहाँ जाते हैं।

परीक्ष्य लोकान्कर्मचितान्ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन ।
तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ॥12॥

कर्म से प्राप्त करने योग्य लोकों के स्वरूप को अच्छी तरह परखकर अर्थात् यज्ञादि के स्वरूप को पहचानकर ब्राह्मण (ब्रह्मजिज्ञासु) को त्याग का आचरण करना चाहिए। क्योंकि कर्म करने से तो वह अकृत (अजन्मा - अयोनिज) ब्रह्म प्राप्त नहीं किया जाता। उस अकृत ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करने के लिए तो उस जिज्ञासु को अपने हाथ में कुछ यज्ञकाष्ठ लेकर किसी वेदज्ञ और ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास जाना चाहिए।

तस्मै स विद्वानुपसन्नाय सम्यक् प्रशान्तचित्ताय शमान्विताय ।
येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम् ॥13॥

इति प्रथममुण्डके द्वितीयः खण्डः ॥2॥

उस ब्रह्मज्ञानी गुरु ने शम-दमादि से युक्त शान्त चित्तवाले और ज्ञानप्राप्ति के लिए आये हुए उस शिष्य को ब्रह्म-विद्या का ऐसा सात्त्विक उपदेश दिया कि जिससे शिष्य ने उस सत्यस्वरूप अविनाशी ब्रह्म को जान लिया।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषद् के प्रथम मुण्डक में दूसरा खण्ड समाप्त हुआ।

❋

द्वितीयं मुण्डकम्

प्रथमः खण्डः

तदेतत्सत्यं यथा सुदीप्तात्पावकाद्विस्फुलिङ्गाः सहस्रशः प्रभवन्ते सरूपाः। तथाऽक्षराद्विविधाः सोम्य भावाः प्रजायन्ते तत्र चैवापियन्ति ॥1॥

ब्रह्म सचमुच ही परमार्थसत्य है। जिस तरह प्रज्वलित अग्नि में से समान आकारवाली हजारों चिनगारियाँ निकलती हैं, उसी प्रकार हे सौम्य ! इस अक्षर में से (ब्रह्म में से) विविध प्रकार के प्राणी उत्पन्न होते हैं और फिर उसी में विलीन हो जाते हैं।

दिव्यो ह्यमूर्तः पुरुषः सबाह्याभ्यन्तरो ह्यजः ।
अप्राणो ह्यमनाः शुभ्रो ह्यक्षरात्परतः परः ॥2॥

वह प्रकाशमय पुरुष किसी रूपवाला नहीं है, वह बाहर और भीतर सर्वदा विद्यमान ही है, उसका कभी जन्म नहीं होता। वह श्वासोच्छ्वास नहीं करता; उसका कोई मन नहीं है, वह निष्कलंक है और वह अक्षरब्रह्म से भी उच्चतर है।

एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च ।
खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी ॥3॥

इस ब्रह्म में से (सगुण ब्रह्म में से) प्राण (जीवनीशक्ति), मन और इन्द्रियाँ (इन्द्रियों के अवयव), एवं आकाश, वायु, तेज, जल और विश्व के आधाररूप पृथ्वी प्रकट होती है।

अग्निर्मूर्धा चक्षुषी चन्द्रसूर्यौ दिशः श्रोत्रे वाग्विवृताश्च वेदाः ।
वायुः प्राणो हृदयं विश्वमस्य पद्भ्यां पृथिवी ह्येष सर्वभूतान्तरात्मा ॥4॥

इसका मस्तक स्वर्ग है, चन्द्र और सूर्य इसकी आँखें हैं, दिशाएँ इसके कान हैं, अभिव्यक्त वेद (शब्द) इसकी वाणी है, वायु इसका श्वासोच्छ्वास है, जगत् इसका हृदय है, इसके पैरों के उपयोग के लिए पृथिवी है, वही सर्व प्राणियों के हृदय में रहनेवाला आत्मा है।

तस्मादग्निः समिधो यस्य सूर्यः सोमात्पर्जन्य ओषधयः पृथिव्याम् ।
पुमान् रेतः सिञ्चति योषितायां बह्वीः प्रजाः पुरुषात्सम्प्रसूताः ॥5॥

उससे सूर्यरूपी समिधा वाला स्वर्गरूप अग्नि उत्पन्न हुआ। वह स्वर्ग (अग्नि) परमपुरुष से जन्मा है और चन्द्र स्वर्ग (अग्नि) में से जन्मा है। चन्द्र से वर्षा आती है। वह वर्षा पृथ्वी पर औषधियाँ उगाती हैं, वे औषधियाँ पुरुषों को वीर्य देती हैं। वे (पुरुष) वीर्य को स्त्री में सिंचित करते हैं और इस प्रकार उस परमपुरुष में से (हिरण्यगर्भ = सगुण ब्रह्म परमात्मा में से) क्रमशः बहुत प्राणी जन्म लेते हैं। (यहाँ स्वर्गलोक को अग्नि कहा है।)

तस्मादृचः साम यजूꣳषि दीक्षा यज्ञाश्च सर्वे क्रतवो दक्षिणाश्च ।
संवत्सरश्च यजमानश्च लोकाः सोमो यत्र पवते यत्र सूर्यः ॥6॥

उस परमपुरुष – हिरण्यगर्भ में से ऋक्, यजुस् और सामवेद, दीक्षा (प्रतिज्ञाविधि), सभी यज्ञविधि, बलियज्ञ, धार्मिक कार्यों में दिये जाने वाले उपहार (दक्षिणा), संवत्सर (विशिष्ट विधि के लिए शास्त्रविहित निश्चित समय), यज्ञाधिकारी पुरुष – यजमान, यजमान द्वारा इच्छित लोक—यह सब उत्पन्न हुआ है। यजमान द्वारा इच्छित उन देवलोकादि को चन्द्र पवित्र करता है (जैसे पितृलोक को) और सूर्य दुःख का कारण बनता है अर्थात् तपता है।

तस्माच्च देवा बहुधा सम्प्रसूताः साध्या मनुष्याः पशवो वयाꣳसि ।
प्राणापानौ व्रीहियवौ तपश्च श्रद्धा सत्यं ब्रह्मचर्यं विधिश्च ॥7॥

और भी इस (ब्रह्म) में से देवों और मनुष्यों के भिन्न-भिन्न वर्ग भी आए हैं। साध्य (देवविशिष्ट), मनुष्य (स्त्रियाँ और पुरुष) पशु, पक्षी, प्राण (श्वास = जीवनीशक्ति), अपान (निःश्वास), चावल, यव (खाद्यान्न), तप (श्रम = तपश्चर्या), श्रद्धा, सत्य, आत्मसंयम (कामत्याग) तथा विधि-विधान आते हैं। (साध्य एक विशिष्ट देववर्ग है, वे बारह हैं।)

सप्त प्राणाः प्रभवन्ति तस्मात्सप्तार्चिषः समिधः सप्त होमाः ।
सप्त इमे लोका येषु चरन्ति प्राणा गुहाशया निहिताः सप्त सप्त ॥8॥

इसी ब्रह्म में से सात इन्द्रियावयव (दो आँखें, दो नाक, दो कान और एक मुख) आविष्कृत होते हैं। (और इन इन्द्रियावयवों के योग्य) प्रत्यक्षीकरण की सात शक्तियाँ, उनके विषय और उनका अनुसरण करती हुई सात समानताएँ (चेतनाएँ) तथा उनके स्थान आदि भी उसी से उत्पन्न होते हैं। प्रत्येक प्राणी के शरीर में निहित चारों ओर घूमनेवाले इन अवयवों के स्थान भी तो उसी में से आए हैं। सुषुप्ति की अवस्था में ये अवयव हृदयरूपी गुफा में लीन हो जाते हैं।

अतः समुद्रा गिरयश्च सर्वेऽस्मात्स्यन्दन्ते सिन्धवः सर्वरूपाः ।
अतश्च सर्वा ओषधयो रसाश्च येनैष भूतैस्तिष्ठते ह्यन्तरात्मा ॥9॥

और भी—इसी ब्रह्म से सब समुद्र और पर्वत आए हैं, इसी से ही छोटी-बड़ी सभी नदियाँ निःसृत हुई हैं, और इस ब्रह्म में से ही सभी औषधियाँ (खाद्यान्न - वनस्पतियाँ) आई हैं। मधुरादि रस भी इसी से आए हैं। इससे (यह निश्चित है कि—) ब्रह्म के अस्तित्व के कारण ही इन सभी वस्तुओं का अस्तित्व है। वही इन सभी वस्तुओं को एक साथ धारण करता है।

पुरुष एवेदं विश्वं कर्म तपो ब्रह्म परामृतम् ।
एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रन्थिं विकिरतीह सोम्य ॥10॥

इति द्वितीयमुण्डके प्रथमः खण्डः ॥1॥

यह ब्रह्म ही सम्पूर्ण जगत् है, ब्रह्म ही यज्ञादि कर्म है, ब्रह्म ही ज्ञानादि तप है। ब्रह्म ही परमतत्त्व है और ब्रह्म ही परम अमृतमय है। हे सौम्य! वही आनन्दमय शाश्वत ब्रह्म सबके हृदय में अधिष्ठित है। उसे जो जान लेता है, वह इसी जीवन में अज्ञान के बन्धनों को काट देता है।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषद् के द्वितीय मुण्डक में प्रथम खण्ड समाप्त हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

आविः संनिहितं गुहाचरं नाम महत्पदमत्रैतत्समर्पितम् । एजत्प्राणान्
निमिषच्च यदेतज्जानथ सदसद्वरेण्यं परं विज्ञानाद्वरिष्ठं प्रजानाम् ॥1॥

वह ब्रह्म स्वप्रकाशित है और सबके भीतर का चैतन्य है। उसे 'गुफा में रहनेवाला' कहा जाता है, क्योंकि वह सबके हृदयरूपी गुफा में स्थित है। यह ब्रह्म सबका आधार है। जो कुछ भी हिलता-चलता है, जो कुछ जीवित है, जो कुछ पलकें मार सकता है या नहीं मार सकता, उन सबका अर्थात् सभी अस्तित्वों का वह आधार है। हे सौम्य! यह ब्रह्म दृश्य भी है और अदृश्य भी है—दोनों है। वह आदरणीय (वांछनीय - शाश्वत) है। वह ज्ञानेन्द्रियों से परे है। उसे तुम अपने आत्मा के रूप में पहचान लो।

यदर्चिमद्यदणुभ्योऽणु च यस्मिँल्लोका निहिता लोकिनश्च । तदेतदक्षरं
ब्रह्म स प्राणस्तदु वाङ्मनः तदेतत्सत्यं तदमृतं तद्वेद्धव्यं सोम्य
विद्धि ॥2॥

जो प्रकाशित है, जो छोटे-से भी छोटा है, जिसके आधार पर सब लोक और लोकवासी अवस्थित हैं (जो सबकी संजीवनी शक्ति है), जो वाणी है, जो मन है, जो सत्य है, जो शाश्वत (अमर्त्य) है, वह लक्ष्य (सब) यह अक्षर (सनातन) ब्रह्म ही है।

धनुर्गृहीत्वौपनिषदं महान्तं शरं ह्युपासानिशितं सन्दधीत ।
आयम्य तद्भावगतेन चेतसा लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि ॥3॥

उपनिषत्प्राप्त संदेशरूपी बड़ा धनुष लेकर, ध्यान से तीक्ष्ण बनाए गए जीवात्मारूपी बाण का अनुसन्धान करना चाहिए। फिर उस धनुष को जोर से खींचो (अर्थात् जागतिक विचारों से मन को

वापिस भीतर खींच लो) और फिर ब्रह्म की ओर देखो अर्थात् वह ब्रह्म ही तुम्हारा लक्ष्य है अत: अपने (तीक्ष्ण किए हुए) मन से ब्रह्म को भेदो।

प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत् ॥4॥

'ॐ' यह धनुष् है, जीवात्मा बाण है। उस जीवात्मारूप बाण का लक्ष्य ब्रह्म है। अप्रमत्त (सावधान) रहकर उस लक्ष्य को बींध डालो। बाद में तुम उस ब्रह्म जैसे ही बन जाओ। (अर्थात् व्यष्टि चैतन्य को चाहिए कि वह समष्टि चैतन्य को लक्ष्य कर उससे एकाकार हो जाए—यह बात इन मन्त्रों में रूपकात्मक ढंग से कही गई है)।

यस्मिन्द्यौः पृथिवी चान्तरिक्षमोतं मनः सह प्राणैश्च सर्वैः।
तमेवैकं जानथ आत्मानमन्या वाचो विमुञ्चथामृतस्यैष सेतुः ॥5॥

यह स्वर्ग, यह पृथ्वी, यह अन्तरिक्ष (स्वर्ग और पृथ्वी के बीच का अवकाश) तथा यह जीवन, सभी इन्द्रियों के साथ मन आदि सब कुछ इस विश्वात्मा (समष्टिचैतन्य) के ऊपर ही आधारित है। इसलिए इस आत्मा को पहचान लो, अन्य विषयों को छोड़ दो। यह आत्मा तो अमरत्व का सेतु है।

अरा इव रथनाभौ संहता यत्र नाड्यः स एषोऽन्तश्चरते बहुधा जायमानः।
ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानं स्वस्ति वः पाराय तमसः परस्तात् ॥6॥

रथ की धुरी में जड़े अरों की भाँति जहाँ हृदय के साथ कई नाड़ियाँ जुड़ी हुई रहती हैं, वहाँ यह परमात्मा अनेक रूपों में अभिव्यक्त होता है और भीतर (हृदय – मन में) घूमता-फिरता है। इस आत्मा का 'ओम्' के रूप में ध्यान करो। अन्धकार का अतिक्रमण करने के लिए तुम्हें आशीर्वचन (स्वस्ति) है। (यहाँ हृदय में उठती हुई अनेक भावनाओं का संकेत है।)

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्यैष महिमा भुवि।
दिव्ये ब्रह्मपुरे ह्येष व्योम्न्यात्मा प्रतिष्ठितः॥
मनोमयः प्राणशरीरनेता प्रतिष्ठितोऽन्ने हृदयं सन्निधाय।
तद्विज्ञानेन परिपश्यन्ति धीरा आनन्दरूपममृतं यद्विभाति ॥7॥

जो आत्मा सामान्यत: और विशेषत: भी सब कुछ जानता है, इस विश्व में जो सब-कुछ है, वह उसी की महिमा के कारण ही है। वह आत्मा सभी के हृदयाकाश में प्रकाशित है। इस हृदयाकाश को ब्रह्म का निवासस्थान कहा जाता है। मन के रूप में अभिव्यक्त और जीवन एवं सूक्ष्म शरीर का संचालक वह आत्मा हृदय की नींव में है (संनिहित है) एवं स्थूल शरीर में प्रतिष्ठित है। जो विवेकशील हैं, वे "यह आत्मा अमर है और आनन्दमय है"—ऐसा अनुभव करते हैं। जब वे ऐसा अनुभव कर सकते हैं, तब उन्होंने उसे (आत्मा को) पूर्णत: जान लिया है (ऐसा कह सकते हैं)।

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे ॥8॥

जब मनुष्य उस परब्रह्म को कार्य-कारण सब कुछ के रूप में जान लेता है (सर्वरूपों में ब्रह्म का ही अनुभव करता है, तब उसके हृदय की सभी वक्रताएँ (सभी जटिलताएँ) सरल हो जाती हैं, गाँठें खुल जाती हैं, सभी शंकाएँ मिट जाती हैं और उसके सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं।

हिरण्मये परे कोशे विरजं ब्रह्म निष्कलम्।
तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिस्तद्यदात्मविदो विदुः ॥9॥

प्रकाशित और भव्य हृदयकक्ष में निर्मल और प्रकाशित ब्रह्म निवास करता है। वह ब्रह्म तो प्रकाश का भी प्रकाश है, आत्मज्ञानी लोग ऐसे ही ब्रह्म का अनुभव करते हैं।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ॥10॥

ब्रह्म की उपस्थिति में सूर्य प्रकाशित नहीं होता (ब्रह्म ही प्रकाशित होता है)। चन्द्र और तारे भी प्रकाशित नहीं होते। बिजली भी नहीं चमकती है, तो फिर अग्नि कैसे प्रकाशित हो सकता है ? जब ब्रह्म प्रकाशित करता है, तभी सब प्रकाशित होता है, उसी के प्रकाश से सब प्रकाशित होता है।

ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ताद्ब्रह्म पश्चाद्ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण।
अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम् ॥11॥

इति द्वितीयमुण्डके द्वितीयः खण्डः ॥2॥

यही आनन्दमय ब्रह्म तुम्हारे आगे है, पीछे है, वह दक्षिण में है, उत्तर में भी है, ऊपर भी है, नीचे भी फैला हुआ है। वह सर्वव्यापक है। यह सारा जगत् ब्रह्म ही है।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषद् के द्वितीय मुण्डक में द्वितीय खण्ड समाप्त हुआ।

❋

तृतीयं मुण्डकम्

प्रथमः खण्डः

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति ॥1॥

एक ही वृक्ष पर दो पक्षी सदैव साथ में रहते हैं। दोनों सुन्दर पंखवाले और एक समान ही हैं। उनमें से एक (उस वृक्ष के) मीठे फल खाता है, जबकि दूसरा बिना खाए केवल देखता ही रहता है।

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशमस्य महिमानमिति वीतशोकः ॥2॥

व्यष्टिचैतन्य जीवात्मा समष्टिचैतन्य के साथ एक ही (शरीररूपी) वृक्ष पर (समान रूप से) होने पर भी अपनी दिव्यता को जाने बिना अज्ञान से मोहित होकर दु:खी होता है। परन्तु वही जीवात्मा जब अपने इष्ट (सही) स्वरूप को पहचान लेता है, तब सभी दु:खों को पार कर लेता है और अपनी मूलगत महिमा को पहचान लेता है।

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिम्।
तदा विद्वान्पुण्यपापे विधूय निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति ॥3॥

जब आध्यात्मिक साधक अपने आत्मा को सही सर्जक के रूप से पहचान लेता है और हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) के भी जन्मदाता के रूप में उसे देख लेता है, उसे परमस्वामी समझता है, तब वह पुण्य-पाप दोनों को पार कर जाता है। वह विशुद्ध हो जाता है और उसके साथ ऐक्य का अनुभव करता है।

प्राणो ह्येष यः सर्वभूतैर्विभाति विजानन्विद्वान्भवते नातिवादी।
आत्मक्रीड आत्मरतिः क्रियावानेष ब्रह्मविदां वरिष्ठः ॥4॥

ईश्वर सभी प्राणियों में अभिव्यक्त हुआ है और सभी प्राणियों की वह जीवनी शक्ति है। मनुष्य को जब इस प्रकार का ज्ञान हो जाता है, तब वह ईश्वर के सिवा अन्य कोई भी बात कर ही नहीं सकता। वह अपने आत्मा के साथ ही रमण करता है। वह स्वयं ही अपने आनन्द का स्रोत है। ध्यानाध्ययनादि आध्यात्मिक कार्यों में वह सदैव रत रहता है। वह आत्मज्ञानियों मे उत्तम माना जाता है।

सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम्।
अन्तःशरीरे ज्योतिर्मयो हि शुभ्रो यं पश्यन्ति यतयः क्षीणदोषाः ॥5॥

शरीर में कमलाकार हृदय में स्वयं प्रकाश और विशुद्ध आत्मा का सदैव अनुभव करते रहना चाहिए। ऐसा अनुभव करने का मार्ग मानसिक और शारीरिक तपश्चरण, आत्मसंयम, एकाग्रता, ध्यान द्वारा ईश्वर के सही स्वरूप का ज्ञान और ब्रह्मचर्यसेवन है। विशुद्ध चित्तवाले योगी ऐसे आत्मा का साक्षात्कार करते हैं।

सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम् ॥6॥

सत्य ही विजय प्राप्त करता है, असत्य नहीं क्योंकि स्वर्ग की (देवों की) ओर जानेवाला चौड़ा मार्ग (राजमार्ग) सत्य से होकर ही जाता है। सब कामनाओं को लाँघकर ऋषि लोग सत्य द्वारा ही लक्ष्यसिद्धि प्राप्त करते हैं।

बृहच्च तद्दिव्यमचिन्त्यरूपं सूक्ष्माच्च तत्सूक्ष्मतरं विभाति।
दूरात्सुदूरे तदिहान्तिके च पश्यत्स्विहैव निहितं गुहायाम् ॥7॥

ब्रह्म अनन्त है, इन्द्रियागम्य है, विचारातीत है, सूक्ष्मातिसूक्ष्म है, दूर से भी दूर परन्तु नजदीक से भी नजदीक है, हृदयकमल (हृदयगुहा) में वह सुप्रतिष्ठित है।

न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैस्तपसा कर्मणा वा।
ज्ञानप्रसादेन विशुद्धसत्त्वस्ततस्तु तं पश्यते निष्कलं ध्यायमानः ॥8॥

आत्मा के निराकार होने से तुम उसे आँख से देख नहीं सकते। वाणी से अतीत होने से तुम उसका वर्णन नहीं कर सकते, इन्द्रियातीत होने से वह देखा नहीं जा सकता। तप से उसका साक्षात्कार नहीं होता, यज्ञादि कर्मों से वह पहचाना नहीं जा सकता। पर यदि तुम्हारा मन इन्द्रियजन्य सुखों से विमुख हो और तुम ब्रह्मध्यान करो, तब कहीं उस निराकार आत्मा का साक्षात्कार कर सकते हो।

एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यो यस्मिन्प्राणः पञ्चधा संविवेश।
प्राणैश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां यस्मिन्विशुद्धे विभवत्येष आत्मा ॥9॥

प्राण (जीवनशक्ति) अपने पाँचों प्रकारों के साथ जिस शरीर में व्याप्त है, उसी शरीर में आत्मा भी अतिसूक्ष्म स्वरूप में व्याप्त है। वह आत्मा सूक्ष्म बुद्धि से जाना जा सकता है। सचमुच यह बुद्धि सभी प्राणियों के हृदय में व्याप्त होकर स्थित है। जब वह बुद्धि (मन) निर्मल (पवित्र) हो जाती है, तब आत्मा स्वयं ही उसके आगे प्रकट हो जाता है।

यं यं लोकं मनसा संविभाति विशुद्धसत्त्वः कामयते यांश्च कामान्।
तं तं लोकं जयते तांश्च कामांस्तस्मादात्मज्ञं ह्यर्चयेद्भूतिकामः ॥10॥

इति तृतीयमुण्डके प्रथमः खण्डः ॥1॥

विशुद्ध मनवाला मनुष्य अपनी इच्छानुसार किसी भी लोक को और चाही हुई किसी भी वस्तु को प्राप्त कर सकता है। अपना कल्याण चाहनेवाले किसी भी मनुष्य को ऐसे मनुष्य का आदर-सम्मान करना चाहिए।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषद् के तीसरे मुण्डक में प्रथम खण्ड समाप्त हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

स वेदैतत्परमं ब्रह्म धाम यत्र विश्वं निहितं भाति शुभ्रम्।
उपासते पुरुषं ये ह्यकामास्ते शुक्रमेतदतिवर्तन्ति धीराः ॥1॥

स्वात्मज्ञ पुरुष ब्रह्म को भी जान ही लेता है। वह ब्रह्म समस्त जगत् का आधार है। वह मनुष्य यह भी जानता है कि इस दृश्य जगत् का कारण भी तो वही है। वह ब्रह्म पर ही प्रतिष्ठित है। जो लोग ऐसे आत्मज्ञानी की उपासना करते हैं (उनकी सेवा करते हैं) और उनसे कोई कामना नहीं करते, वे निश्चित रूप से पुनर्जन्म को पार कर जाते हैं।

कामान्यः कामयते मन्यमानः स कामभिर्जायते तत्र तत्र।
पर्याप्तकामस्य कृतात्मनस्तु इहैव सर्वे प्रविलीयन्ति कामाः ॥2॥

भोगों को ही अच्छा माननेवाला पुरुष यदि ऐहिकामुष्मिक भोगों के लिए बेचैन होता है, तो वह मनुष्य कामनाओं से रगड़ खाता हुआ उस-उस जगह पर पैदा हुआ करता है (कि जहाँ ऐसे भोग मिल सकें)। पर जिस मनुष्य को 'अपनी सारी कामनाएँ पूर्ण हो गई हैं' ऐसी प्रतीति हो चुकी है, ऐसे आत्मज्ञानी पुरुष की तो सभी कामनाएँ यहीं शान्त हो गई होती हैं।

नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनुं स्वाम् ॥3॥

यह आत्मा शास्त्रों के विवरण से प्राप्य नहीं है, बौद्धिक शक्ति से भी प्राप्य नहीं, गुरु से बार-बार श्रवण करने से भी वह नहीं मिलता। पर यह (साधक) जिस (आत्मा) को निष्ठापूर्वक चाहता है उसी (निष्ठा) से वह प्राप्त किया जा सकता है। यह आत्मा उसके आगे अपना स्वरूप उद्घाटित कर देता है।

(भक्तिमार्गी ऐसा अर्थ करते हैं—यह आत्मा जिस मनुष्य को पसन्द करता है अर्थात् जिसके ऊपर अनुग्रह करता है, उसके आगे अपना स्वरूप प्रकट कर देता है)।

नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो न च प्रमादात्तपसो वाप्यलिङ्गात्।
एतैरुपायैर्यतते यस्तु विद्वांस्तस्यैष आत्मा विशते ब्रह्मधाम ॥4॥

यह प्रस्तुत आत्मा निर्बल (निष्ठाहीन) के द्वारा नहीं पाया जा सकता। आत्मसाधना में प्रमाद करने से अथवा त्यागविहीन तपश्चर्या से (या पाण्डित्य से) भी मिलता नहीं है। पर जो विवेकशील पुरुष इन सभी उपायों से निष्ठापूर्वक और श्रमपूर्वक प्रयत्न करता है, तो यह आत्मा उसी का हो जाता है (अर्थात् वह आत्मा को पा लेता है) और वह ब्रह्मधाम में प्रवेश पाता है अर्थात् ब्रह्म के साथ एकाकार हो जाता है।

सम्प्राप्यैनमृषयो ज्ञानतृप्ताः कृतात्मानो वीतरागाः प्रशान्ताः।
ते सर्वगं सर्वतः प्राप्य धीरा युक्तात्मानः सर्वमेवाविशन्ति ॥5॥

आत्मज्ञ ऋषिलोग इस आत्मज्ञान से परितुष्ट हुए हैं। और वे इस इन्द्रियासक्ति से मुक्त हो गए हैं और शान्त हो गए है, क्योंकि वे धीर (संतुलित) हुए हैं। सभी स्थानों में उस सर्वव्यापक आत्मा (समष्टिचैतन्य) को प्राप्त करके उसके साथ वे मिल गए हैं। वे सभी जगह और सब कुछ होते हैं।

वेदान्तविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः।
ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले परामृताः परिमुच्यन्ति सर्वे ॥6॥

वेदान्तशास्त्र के यथार्थ मर्म को सम्पूर्णतया पचानेवाले और संन्यास (कर्मफलत्याग) के द्वारा जो यति हुए हैं (संयमी हुए हैं), ऐसे शुद्ध मनवाले सभी लोग आत्मज्ञान से इसी जन्म में अमरत्व (जीवन्मुक्ति) पा लेते हैं और अन्तकाल में तो विदेहमुक्ति पा ही लेते हैं।

गताः कलाः पञ्चदश प्रतिष्ठा देवाश्च सर्वे प्रतिदेवतासु।
कर्माणि विज्ञानमयश्च आत्मा परेऽव्यये सर्व एकीभवन्ति ॥7॥

उसके बाद शरीर के पंद्रह विभाग फिर अपनी कारणावस्था में लौट जाते हैं। सभी इन्द्रियाँ भी अपने-अपने देवों की ओर लौट जाती हैं और आत्मा संचित कर्मों के साथ विशुद्ध अविनाशी ब्रह्म में मिलकर एकाकार हो जाता है।

यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय।
तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम् ॥8॥

जिस प्रकार दौड़ती हुई नदियाँ अपने नामों और आकारों को छोड़कर सागर में विलीन हो जाती हैं, उसी प्रकार आत्मज्ञानी नाम और रूप (आकार) से मुक्त होकर, ऊँचे से भी ऊँचे (हिरण्यगर्भ से भी ऊँचे) स्वप्रकाशित ब्रह्म को प्राप्त करता है।

स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति नास्याब्रह्मवित्कुले भवति।
तरति शोकं तरति पाप्मानं गुहाग्रन्थिभ्यो विमुक्तोऽमृतो भवति ॥9॥

जो मनुष्य परमश्रेष्ठ ब्रह्म को जानता है वह ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म में ही रूपान्तरित हो जाता है। इस ब्रह्मज्ञानी के वंश में कोई ब्रह्मज्ञान से रहित नहीं जन्मता। वह शोक (सांसारिक दुःख) को पार कर लेता

है। पाप और पुण्य को भी लाँघ जाता है। आत्मा को अज्ञानजन्य बन्धनों से मुक्त कराकर अमर बन जाता है।

तदेतदृचाऽभ्युक्तम्—
क्रियावन्तः श्रोत्रिया ब्रह्मनिष्ठाः स्वयं जुह्वत एकर्षिं श्रद्धयन्तः।
तेषामेवैतां ब्रह्मविद्यां वदेत शिरोव्रतं विधिवद् यैस्तु चीर्णम् ॥10॥

तो यह सत्य वेदमंत्रों ने भी दर्शाया है—"शास्त्रोक्त साधनाएँ करनेवाले, शास्त्रज्ञ, सगुण ब्रह्म में निष्ठावाले जो मनुष्य 'एकर्षि' नाम के यज्ञ का स्वयं अनुष्ठान करते हैं और जिन्होंने शिर पर अग्नि लेकर अथर्ववेदनिर्दिष्ट विधि के अनुसार अनुष्ठान किया हो, उन्हीं मनुष्यों को यह ब्रह्मोपदेश कहना चाहिए।

तदेतत्सत्यमृषिरङ्गिराः पुरोवाच नैतदचीर्णव्रतोऽधीते।
नमः परमऋषिभ्यो नमः परमऋषिभ्यः ॥11॥

इति तृतीयमुण्डके द्वितीयः खण्डः ॥2॥

इति मुण्डकोपनिषत्समाप्ता ॥

ऋषि अंगिरा ने इस ब्रह्मज्ञान को पहले अपने शिष्य शौनक को दिया था। 'अचीर्ण' का व्रत नहीं करनेवाले लोग इसका अध्ययन नहीं करते। ज्ञानी परम ऋषियों को नमस्कार हो (इस वाक्य का पुनरावर्तन ग्रन्थ-समाप्ति का सूचक है)।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषद् के तीसरे मुण्डक में दूसरा खण्ड समाप्त हुआ।

इस प्रकार मुण्डकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(6) माण्डूक्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

दस सुप्रसिद्ध उपनिषदों में यह सबसे छोटी उपनिषद् है। अथर्ववेद से सम्बद्ध इस उपनिषद् में केवल बारह मन्त्र हैं। इसमें सभी गद्यमन्त्र (कण्डिकाएँ) हैं फिर भी यह उपनिषद् अद्वैतवेदान्त के सिद्धान्तों की नींव मानी गई है। जीवात्मा की जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—इन अवस्थाओं का पृथक्करण और उसके साथ ही प्रणव के 'अ', 'उ' और 'म' इन तीन वर्णों का सम्बन्ध तथा तुर्यावस्था की स्थापना और उसकी श्रेष्ठता का प्रतिपादन इस उपनिषद् की विशिष्टता है। इस उपनिषद् का 'माण्डूक्य' नाम शायद इसलिए पड़ा है कि इसके निर्माता उसी नाम के ऋषि थे।

शंकाराचार्य के गुरु गोविन्दपाद के भी गुरु गौड़पाद ने इस उपनिषद् के ऊपर कारिकाएँ लिखी हैं (ये कारिकाएँ श्लोकबद्ध सहायक ग्रन्थ जैसी हैं)। ये कारिकाएँ संक्षेप में किन्तु पर्याप्त रूप से अद्वैत के पक्ष में स्पष्ट दलीलें हमारे सामने रखती हैं। कारिकाएँ कहती हैं कि आत्मा के सिवा कुछ है ही नहीं और वह आत्मा एक और समरस है। द्वैत का वे प्रबल खण्डन करती हैं। सृष्टि नाम की किसी चीज में और कार्य-कारणसम्बन्ध में इन कारिकाओं का विश्वास नहीं है। अत: संसार नाम का कोई अस्तित्व नहीं, हम जो देखते हैं वह मात्र भ्रम है। अपने इस मत के लिए ये कारिकाएँ शास्त्रों, तर्कों और अनुभव का प्रमाण देती हैं। ये कारिकाएँ बौद्धों के आत्मलक्षी आदर्शवाद के नजदीक आ जाती हैं। परन्तु यहाँ पर गौड़पाद चेतावनी देते हैं कि वे बौद्धमत को यहाँ प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। वे अपने को एक दृढ़ अद्वैतवादी मानते हैं। विद्वानों के मत में यह ग्रन्थ गौड़पाद का लिखा हो, तो भी मूल उपनिषद् के साथ इसका कोई सम्बन्ध नहीं है, यह एक स्वतंत्र ग्रन्थ ही है। अन्य उपनिषदों की भाँति इस उपनिषद् के साथ किसी कथा का सम्बन्ध नहीं है, यहाँ सीधा उपदेश ही शुरू हो जाता है। 'ॐ' के प्रतीक द्वारा ब्रह्मोपदेश यहाँ है किन्तु ब्रह्म का वर्णन नहीं है। प्रतीक में आरोपण है, आरोपित का वर्णन नहीं है। ॐ ब्रह्म का समुचित प्रतीक है, ॐ ब्रह्म की तरह सर्वव्यापक है, ॐ के उच्चारण में मुख के सभी भागों का स्पर्श होता है। इसीलिए 'ॐ' को शब्दब्रह्म कहा जाता है। हिन्दू-परम्परा का वह पवित्रतम वर्ण है। प्रतीकात्मक रूप से वह वेदतुल्य है। यहाँ पर उपनिषद् ब्रह्म और ॐ को एक मानती हैं। यह बात ठीक ढंग से उपनिषद् में समझाई गई है।

हम यहाँ मूल उपनिषद् के बारह गद्यखण्डों के साथ गौड़पाद की कारिका का भी हिन्दी रूपान्तर दे रहे हैं। स्वतंत्र ग्रन्थ जैसी इस कारिका के चार प्रकरण गौड़पाद ने किए हैं, जिनमें प्रथम प्रकरण का नाम 'आगमप्रकरण' है, और इस प्रकरण में 29 कारिकाएँ हैं। द्वितीय प्रकरण का नाम 'वैतथ्यप्रकरण' है और इस प्रकरण में 38 कारिकाएँ हैं। तृतीय प्रकरण का नाम 'अद्वैतप्रकरण' है और इस प्रकरण में 48 कारिकाएँ हैं और चौथे प्रकरण का नाम 'अलातशान्तिप्रकरण' है, इस प्रकरण में 100 कारिकाएँ हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 200 कारिकाएँ है। इन पर शंकराचार्य ने भाष्य भी लिखा है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ॥
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

हे देवो ! हम अपने कानों से केवल कल्याणकारी बातें ही सुना करें। जिन्हें हम पूजते हैं, ऐसे हे देवो ! हम अपनी आँखों से केवल शुभ दृश्यों को ही देखा करें। हम अपने सुदृढ़ अंगों से युक्त शरीर के द्वारा आपकी स्तुति करते रहें। हम देवों का दिया हुआ जितना आयुष्य है, उसे भोगते रहें।

वैयक्तिक शान्ति हो, पर्यावरणीय शान्ति हो, प्राणीजगत् की शान्ति हो।

आगमप्रकरणम्

(उपनिषद्)

ओमित्येतदक्षरमिदꣳसर्वं तस्योपव्याख्यानभूतं भवद्भविष्यदिति सर्वमोङ्कार एव। यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तदप्योङ्कार एव ॥1॥

'ओम्'—यह आत्मलक्षी शब्द है, इसका यह आख्यान है। वही यह सब कुछ है। (कार्य-कारण रूप सारा जगत् वही है। ज्यादा स्पष्ट कहें तो—) वह भूतकाल, वर्तमानकाल और भविष्यकाल भी है। इतना ही नहीं, जो कुछ भी त्रिकालातीत है, वह 'ओम्कार' ही है।

सर्वꣳह्येतद् ब्रह्मायमात्मा ब्रह्म सोऽयमात्मा चतुष्पात् ॥2॥

यह सारा घटनामय भौतिक विश्व ब्रह्म ही है। यह व्यष्टिगत आत्मा भी तो ब्रह्म ही है। इस व्यष्टि-चैतन्य की चार अवस्थाएँ देखने में आती हैं।

जागरितस्थानो बहिष्प्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः स्थूलभुग्वैश्वानरः प्रथमः पादः ॥3॥

जब तुम जागते होते हो, तब बाह्य विश्व में तुम्हारी समानता होती है। तब तुम अपनी इन्द्रियों से स्थूल पदार्थ भोगते रहते हो। तब तुम अपने सात अंगों और प्रत्यक्षीकरण के उन्नीस द्वारों का उपयोग करते हो। तब तुम्हारा अपना स्थूल शरीर होता है। यह वैश्वानर आत्मा का प्रथम अंश है। (सात अंग—मस्तक, दो आँखें, नाक, मूत्रपिण्ड और दो पैर। और उन्नीस द्वार—पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण और मन, बुद्धि, चित्त तथा अहंकार कुल मिलाकर उन्नीस द्वार।)

स्वप्नस्थानोऽन्तःप्रज्ञः सप्ताङ्ग एकोनविंशतिमुखः प्रविविक्तभुक्तैजसो द्वितीयः पादः ॥4॥

जब तुम स्वप्न में होते हो तब तुम्हारी सारी क्रियाएँ केवल मानसिक ही होती हैं। तुम्हारी जाग्रत् अवस्था की तरह इस अवस्था में भी वे सात अवयव और उन्नीस द्वार तो रहते ही हैं, परन्तु इस अवस्था के तुम्हारे अनुभव तो मानसिक स्तर पर ही होते हैं। यह मानसिक अनुभव ब्रह्म का दूसरा अंश है। यह अंश स्वप्नावस्था है। इस समय तुम्हारा आत्मा अन्त:करण में रहता है एवं अकेला ही होता है। इसे 'वैश्वानर' कहा गया है।

यत्र सुप्तो न कञ्चन कामं कामयते न कञ्चन स्वप्नं पश्यति तत्सुषुप्तम्।

सुषुप्तस्थान एकीभूतः प्रज्ञानघन एवानन्दमयो ह्यानन्दभुक्चेतोमुखः
प्राज्ञस्तृतीयः पादः ॥5॥

जब तुम गाढ़ निद्रा में होते हो तब तुम्हारे मन में कोई इच्छा नहीं रहती। कोई स्वप्न भी नहीं होता। इसको 'सुषुप्ति अवस्था' कहते हैं। तब तुम केवल 'अद्वैत' को ही देखते हो। चैतन्यघन के सिवा तब कुछ नहीं होता। तब तुम केवल आनन्दमय और आनन्द भोगने वाले ही होते हो। मानो तब तुम चैतन्य की ओर अग्रसर गए हो। यह ब्रह्म का तृतीय अंश है। इसको 'प्राज्ञ' कहा जाता है।

एष सर्वेश्वर एष सर्वज्ञ एषोऽन्तर्याम्येष योनिः सर्वस्य प्रभवाप्ययौ हि
भूतानाम् ॥6॥

यह प्राज्ञ सबका ईश्वर है, वह सब कुछ जानता है, वह अंतर्यामी है, वह सभी पर शासन करनेवाला है। सभी पदार्थ उसी में से उत्पन्न होते हैं एवं उसी में लीन होते हैं। वह सबका कारण (मूल) है।

गौडपाद-कारिका

अत्रैतस्मिन्यथोक्तेऽर्थ एताः कारिकाः—

अब ऊपर कही गई बात पर यहाँ प्रसंगोचित ये कारिकाएँ स्पष्टता के लिए दी जा रही हैं—

बहिष्प्रज्ञो विभुर्विश्वो ह्यन्तःप्रज्ञस्तु तैजसः ।
घनप्रज्ञस्तथा प्राज्ञ एक एव त्रिधा स्मृतः ॥1॥

जाग्रत् अवस्था में बाहर की दुनिया का हमें जब भान होता है, तब हम 'विश्व' कहलाते हैं (यह हमारी प्रथम अवस्था है)। जब हम स्वप्न में होते हैं, तब हमें भीतर (मन) की ही भान होता है, तब हम 'तैजस' कहलाते हैं (यह हमारी दूसरी अवस्था है)। उसी तरह जब हमें भान तो होता है पर हमारा कोई भीतर-बाहर का विषय नहीं होता और हम केवल गाढ सभानता वाले ही होते हैं, तब हम 'प्राज्ञ' कहलाते हैं (यह हमारी तीसरी अवस्था है)। पर इन तीनों अवस्थाओं में विभु (व्यापक) आत्मा तो एक ही होता है। भले ही वह तीन अलग-अलग स्वरूपों (अवस्थाओं) में दिखाई देता हो।

दक्षिणाक्षिमुखे विश्वो मनस्यन्तस्तु तैजसः ।
आकाशे च हृदि प्राज्ञस्त्रिधा देहे व्यवस्थितः ॥2॥

जाग्रत् अवस्था में जब वह आत्मा 'विश्व'संज्ञक होता है, तब वह अपनी दाहिनी आँख से स्थूल वस्तुओं को ग्रहण करता है। जब 'तैजस्'संज्ञक होता है, तब स्वप्नावस्था में मानसिक रूप से अनुभव करता है और जब 'प्राज्ञ' संज्ञावाला होता है, तब उसका भान (चेतना) केवल हृदय में ही होता है।

विश्वो हि स्थूलभुङ्नित्यं तैजसः प्रविविक्तभुक् ।
आनन्दभुक्तथा प्राज्ञस्त्रिधा भोगं निबोधत ॥3॥

'विश्व' सदा स्थूल पदार्थ का भोक्ता होता है, 'तैजस' सदा सूक्ष्म का भोक्ता होता है और 'प्राज्ञ' सदा आनन्द का भोक्ता होता है। इस प्रकार भोग के तीन प्रकार समझने चाहिए।

स्थूलं तर्पयते विश्वं प्रविविक्तं तु तैजसम् ।
आनन्दश्च तथा प्राज्ञं त्रिधा तृप्तिं निबोधत ॥4॥

'विश्व' को स्थूल पदार्थ परितुष्ट कर देते हैं, 'तैजस' को सूक्ष्म पदार्थ सन्तोष देते हैं और उसी प्रकार 'प्राज्ञ' को आनन्द परितृप्त करता है। इस तरह तृप्ति भी तीन प्रकार की है, ऐसा समझना चाहिए।

त्रिषु धामसु यद्भोज्यं भोक्ता यश्च प्रकीर्तितः ।
वेदैतदुभयं यस्तु स भुञ्जानो न लिप्यते ॥5॥

(जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति) तीनों अवस्थाओं में जो भोगने योग्य पदार्थ हैं और जो अन्य भोक्ता है, उन दोनों को जो विवेकपूर्वक जान लेता है, वह पदार्थों को भोगता हुआ भी उन पदार्थों में लिप्त नहीं होता।

प्रभवः सर्वभावानां सतामिति विनिश्चयः ।
सर्वं जनयति प्राणश्चेतोंऽशून्पुरुषः पृथक् ॥6॥

यह तो निश्चित है कि दृश्य या अव्यक्त रूप में भी जिस किसी का अस्तित्व हो, उसी की उत्पत्ति (प्रकटीकरण = आविष्कार) होती है। अतः पूर्ववर्णित प्राण ही सबकुछ उत्पन्न करता है और जो समष्टिचेतन पुरुष है, वह अलग-अलग (जैसे सूर्य अपनी किरणों को प्रकाशित करता है वैसे) जीवों का आविष्कार करता है।

विभूतिं प्रसवं त्वन्ये मन्यन्ते सृष्टिचिन्तकाः ।
स्वप्नमायासरूपेति सृष्टिरन्यैर्विकल्पिता ॥7॥

सृष्टि की रचना पर विचार करने में कुछ लोग इस सृष्टि को ईश्वर का विस्तार (महिमा) ही मानते हैं, जब कि कुछ आध्यात्मिक साधक इस सृष्टि को स्वप्न जैसा भ्रम ही मानते हैं।

इच्छामात्रं प्रभोः सृष्टिरिति सृष्टौ विनिश्चिताः ।
कालात्प्रसूतिं भूतानां मन्यन्ते कालचिन्तकाः ॥8॥

कुछ लोग सृष्टि के विषय में ऐसा निश्चय कर बैठे हैं कि यह सृष्टि प्रभु की केवल इच्छा ही है, तो फिर कालचिन्तक (ज्योतिषी) 'जीवों की उत्पत्ति काल से ही हुई है'—ऐसा मानते हैं।

भोगार्थं सृष्टिरित्यन्ये क्रीडार्थमिति चापरे ।
देवस्यैष स्वभावोऽयमाप्तकामस्य का स्पृहा ॥9॥

तो और कुछ लोग 'यह सृष्टि ईश्वर के भोग के लिए है'—ऐसा मानते हैं तो दूसरे लोग भगवान् की लीला के लिए ही इस सृष्टि का जन्म मानते हैं। परन्तु वे सब भ्रान्त ही हैं, क्योंकि परमात्मा तो 'आप्तकाम' स्पृहाहीन (पूर्णकाम) हैं। सही बात तो यह है कि सृष्टिरचना उस ज्योतिर्मय परमात्मा का स्वभाव ही है।

(उपनिषद्)

अब फिर से उपनिषद् के मंत्र लिए जा रहे हैं—

नान्तःप्रज्ञं न बहिःप्रज्ञं नोभयतःप्रज्ञं न प्रज्ञानघनं न प्रज्ञं नाप्रज्ञम् ।
अदृष्टमव्यवहार्यमग्राह्यमलक्षणमचिन्त्यमव्यपदेश्यमेकात्मप्रत्ययसारं
प्रपञ्चोपशमं शान्तं शिवमद्वैतं चतुर्थं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः ॥7॥

विवेकसम्पन्न प्रमाणभूत आत्मज्ञानी मानते हैं कि पूर्वोक्त तीनों अवस्थाओं से परे जो चौथी (तुरीय) अवस्थावाला है, उसे ही परमार्थरूप से आत्मा मानना चाहिए। वह आत्मा अवाङ्मनसगोचर है। वह न तो अन्त:प्रज्ञ (तैजस्) है, न वा बाह्यप्रज्ञ (विश्व) है। उन दोनों अवस्थाओं के बीच में रहनेवाला भी कोई नहीं है। वह प्रज्ञानघन (प्राज्ञ) भी नहीं है। वह प्रज्ञ भी नहीं है और अप्रज्ञ भी नहीं है। वह इन्द्रियागोचर होने से व्यवहारयोग्य नहीं है, उसे कर्मेन्द्रियाँ पकड़ नहीं सकतीं। उसकी कोई संज्ञा नहीं है। इसीलिए उसका विचार भी नहीं किया जा सकता। वाणी से वह कहा नहीं जा सकता। ऐक्यानुभव का वह सारस्वरूप है। प्रपंच के वैविध्य को वह अपने में समा लेता है। वह सुखस्वरूप, शिव(कल्याण)स्वरूप, अद्वैत चतुर्थ अवस्थावाला है। वही साक्षात्कार करने योग्य है।

(कारिका)

निवृत्तेः सर्वदुःखानामीशानः प्रभुरव्ययः।
अद्वैतः सर्वभावानां देवस्तुर्यो विभुः स्मृतः ॥10॥

ज्ञानियों ने इस तुर्य को अद्वैत, अव्यय, सर्वव्यापक, स्वप्रकाशक और सभी सांसारिक दु:खों से निवृत्ति के लिए समर्थ माना है।

कार्यकारणबद्धौ ताविष्येते विश्वतैजसौ।
प्राज्ञः कारणबद्धस्तु द्वौ तौ तुर्ये न सिध्यतः ॥11॥

विश्व और तैजस—ये दोनों तो कार्य और कारण से बँधे हुए हैं (माया = कारण और जगत् = कार्य) और जो प्राज्ञ है, वह भी कारण से (माया से) बद्ध ही है। परन्तु तुर्य में ये दोनों (कार्य और कारण) सिद्ध नहीं हो सकते—हैं ही नहीं।

नात्मानं न परांश्चैव न सत्यं नापि चानृतम्।
प्राज्ञः किञ्चन संवेत्ति तुर्यं तत्सर्वदृक्सदा ॥12॥

प्राज्ञ अपने आपको नहीं जानता और दूसरा भी कुछ नहीं जानता। वह सत्य को भी नहीं जानता और असत्य को भी नहीं जानता। परन्तु जो तुर्य है वह तो सब कुछ और सर्वदा जानता ही है।

द्वैतस्याग्रहणं तुल्यमुभयोः प्राज्ञतुर्ययोः।
बीजनिद्रायुतः प्राज्ञः सा च तुर्ये न विद्यते ॥13॥

'प्राज्ञ' और 'तुर्य' में एक वस्तु समान है, वह यह कि दोनों में जगत् के द्वैत का भान नहीं होता। परन्तु फर्क यह है कि प्राज्ञ कारणरूप माया की निद्रा से युक्त (मूढ) है, जबकि वह निद्रा (मूढता) तुर्य में नहीं होती।

स्वप्ननिद्रायुतावाद्यौ प्राज्ञस्त्वस्वप्ननिद्रया।
न निद्रां नैव च स्वप्नं तुर्ये पश्यन्ति निश्चिताः ॥14॥

पहले दो (जाग्रत् का अभिमानी विश्व और स्वप्न का अभिमानी तैजस आत्मा) स्वप्न और निद्रा से युक्त होते हैं और प्राज्ञ स्वप्नरहित केवल निद्रा से ही युक्त होता है, पर तुर्य में निद्रा भी नहीं है और स्वप्न भी नहीं है। (यहाँ निद्रा अज्ञान है और स्वप्न विपर्यय = विक्षेप है।)

अन्यथा गृह्णतः स्वप्नो निद्रा तत्त्वमजानतः।
विपर्यासे तयोः क्षीणे तुरीयं पदमश्नुते ॥15॥

वस्तु में अवस्तु का ग्रहण स्वप्न है और निद्रा वस्तु का (तत्त्व का) अज्ञान ही है। परस्पर विरोधी उन दोनों का जब लोप होता है, तब तुरीय पद की प्राप्ति होती है।

अनादिमायया सुप्तो यदा जीवः प्रबुध्यते।
अजन्मानिद्रमस्वप्नमद्वैतं बुध्यते तदा ॥16॥

अनादि माया से निद्रित हुआ जीव जब ठीक रीति से जग जाता है, तब वह अजन्मा, निद्रारहित, स्वप्नरहित (आवरण = विक्षेपरहित) अद्वैत का साक्षात्कार करता है।

प्रपञ्चो यदि विद्येत निवर्तेत न संशयः।
मायामात्रमिदं द्वैतमद्वैतं परमार्थतः ॥17॥

यदि संसार सचमुच सत्य होता तो उसका अवश्य निवारण होता, इसमें कोई सन्देह नहीं। परन्तु वास्तविक रूप में यह जगत् केवल दिखाई देनेवाला मायामय द्वैत ही है और पारमार्थिक रूप से तो केवल अद्वैत ही है।

विकल्पो विनिवर्तेत कल्पितो यदि केनचित्।
उपदेशादयं वादो ज्ञाते द्वैतं न विद्यते ॥18॥

गुरु-शिष्य उपदेश आदि विकल्प (वैविध्य) किसी के द्वारा किसी हेतु के लिए केवल कल्पित ही होता, तो वह कुछ समय के बाद ऐसे ही चला जाता (नष्ट हो जाता) है। यह बात तो केवल उपदेश के लिए ही है। जब ज्ञान प्राप्त हो जाता है तब गुरु-शिष्य आदि का द्वैत रहेगा ही नहीं।

(उपनिषद्)

सोऽयमात्माऽध्यक्षरमोङ्कारोऽधिमात्रं पादा मात्रा मात्राश्च पादा
'अ'कार 'उ'कारो 'म्'कार इति ॥8॥

यह पूर्वोक्त आत्मा अक्षरों के रूप में ओंकार (अ, उ, म) है। अक्षरों के रूप में उनके तीन पाद (अंश—अ, उ और म) हैं, वे मानो आत्मा के तीन अंश हैं (अर्थात् ये तीन मात्राएँ आत्मा की पूर्वोक्त तीन अवस्थाओं का प्रतिनिधित्व कर रही हैं)।

जागरितस्थानो वैश्वानरोऽकारः प्रथमा मात्राऽऽप्तेरादिमत्त्वाद्वाऽऽप्नोति ह
वै सर्वान्कामानादिश्च भवति य एवं वेद ॥9॥

जागरित स्थान के 'वैश्वानर' आत्मा का प्रतिनिधित्व 'अ'कार करता है। "वह वैश्वानर और 'अ' दोनों सर्वव्यापक हैं" ऐसा जो जानता है, वह साधक अवश्य ही अपनी सभी कामनाओं को पूर्ण कर सकता है और वह सब लोगों में श्रेष्ठ (आदि) स्थान प्राप्त करता है।

स्वप्नावस्थस्तैजस उकारो द्वितीया मात्रोत्कर्षादुभयत्वाद्वोत्कर्षति ह वै
ज्ञानसन्ततिं समानश्च भवति। नास्याऽब्रह्मवित्कुले भवति य एवं
वेद ॥10॥

स्वप्नस्थानीय तैजस् आत्मा का प्रतिनिधित्व 'उ'कार करता है। क्योंकि (तीन मात्राओं में से) वह उत्कृष्ट है और उसका स्थान भी (स्वप्नावस्था की तरह) मध्य में ही है। जो साधक इस प्रकार से जानता

है (उपासना करता है), वह ज्ञान के सातत्य में उत्कर्ष को प्राप्त करता है, सर्वत्र समान व्यवहार करनेवाला बनता है और उसके कुल में कोई बिना ब्रह्मज्ञानवाला (ब्रह्मज्ञानरहित) उत्पन्न नहीं होता।

सुषुप्तस्थानः प्राज्ञो मकारस्तृतीया मात्रा मितेरपीतेर्वा मिनोति ह वा इदं
सर्वमपीतिश्च भवति य एवं वेद ॥11॥

सुषुप्तिस्थानीय प्राज्ञ का प्रतिनिधित्व 'म'कार करता है। वह विश्व (तैजस) के बाद लयोन्मुखी ॐ की तीसरी मात्रा है। जो साधक इस प्रकार उसकी उपासना करता है, वह इस समग्र जगत् को नाप लेता है और वह सबका अपने में लय करनेवाला होता है।

(कारिका)

विश्वस्यात्वविवक्षायामादिसामान्यमुत्कटम्।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादाप्तिसामान्यमेव च ॥19॥

जैसे 'विश्व' प्रथम है, उसी तरह 'अ' भी तो प्रथम ही है। ये दोनों प्रथम होने से एक ही हैं और समान ही हैं। यदि आपने 'विश्व' को एक बार 'अ' (मात्रा) मान लिया, तो उनके साम्य और उनकी व्याप्ति भी स्पष्ट ही है।

तैजसस्योत्वविज्ञान उत्कर्षो दृश्यते स्फुटम्।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ स्यादुभयत्वं तथाविधम् ॥20॥

यदि तुम 'तैजस' में 'उ' को देख लेते हो तब तो तुम उसकी उत्कृष्टता भी स्पष्टरूप से देख ही लेते हो। (अर्थात् 'उ' जिस तरह 'अ' और 'म' के बीच में आता है, उसी तरह तैजस भी जाग्रत्-सुषुप्ति के बीच में आता है। तीनों वर्ण क्रमशः आत्मा की तीनों अवस्थाओं के प्रतीक हैं)।

मकारभावे प्राज्ञस्य मानसामान्यमुत्कटम्।
मात्रासम्प्रतिपत्तौ तु लयसामान्यमेव च ॥21॥

'प्राज्ञ' आत्मा की तृतीय अवस्था है, जो कि मात्रा के क्रम से 'ओम्' के 'म' समान है। दोनों में यह (अन्त्य स्थान = तीसरे स्थान की) समानता है। जिस प्रकार 'म' के साथ 'ओम्' की समाप्ति हो जाती है, उसी प्रकार 'प्राज्ञ' भी आत्मा की अन्तिम अवस्था है। दोनों ही इस बात में भी साम्य रखते हैं।

त्रिषु धामसु यस्तुल्यं सामान्यं वेत्ति निश्चितः।
स पूज्यः सर्वभूतानां वन्द्यश्चैव महामुनिः ॥22॥

विवेकी और स्थिर बुद्धिवाला मनुष्य इन तीनों अवस्थाओं में एक ही समान आत्मा को देख लेता है, तो वह मनुष्य सचमुच बड़ा ऋषि ही है, वह सबका पूजनीय और वन्दनीय हो जाता है।

अकारो नयते विश्वमुकारश्चापि तैजसम्।
मकारश्च पुनः प्राज्ञं नामात्रे विद्यते गतिः ॥23॥

'अ'कार (प्रथम मात्रा) पर ध्यान करने से हम 'विश्व' होने का अनुभव करते हैं। 'उ' (द्वितीय मात्रा) की उपासना करने पर हम 'तैजस' होने का अनुभव करते हैं और 'म'कार (तृतीय मात्रा) की उपासना करने पर हम 'प्राज्ञ' होने की अनुभूति करते हैं, पर जब हम तुरीय (चौथी अवस्था) का ध्यान करते हैं, तब तो हम अमात्र (असीम) अनन्त हो जाते हैं।

(उपनिषद्)

अमात्रश्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपञ्चोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोङ्कार आत्मैव
संविशत्यात्मनाऽऽत्मानं य एवं वेद ॥12॥

इति माण्डूक्योपनिषत् समाप्ता।

पूर्वोक्त प्रकार से 'ओम्' की चौथी अवस्था (चौथा पाद) विश्वात्मा की है। यह आत्मा अनन्त है, वाणी और मन से परे है, अद्वैत है, मंगलकारी है, समस्त विश्व का इसमें लय हो जाता है। ज्ञानीजन व्यष्टिचेतन (जीवात्मा) को ही विश्वात्मा मानते हैं। जो साधक इस प्रकार जान लेता है, वह अपने आत्मा को विश्वात्मा में मिला देता है। (तात्पर्य यह है कि वह कभी अपने को व्यष्टिचैतन्य के रूप में देखता ही नहीं है।

इस प्रकार माण्डूक्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ॥
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

नोट—इसका हिन्दी रूपान्तर आरम्भ में दिया गया है।

❋

(कारिका)

ओङ्कारं पादशो विद्यात्पादा मात्रा न संशयः।
ओङ्कारं पादशो ज्ञात्वा न किञ्चिदपि चिन्तयेत् ॥24॥

ओंकार को पादों के अनुसार जानना चाहिए। निःसंदेह रूप से ये पाद (अवस्थाएँ) और मात्राएँ एक ही हैं। यदि इन अवस्थाओं के द्वारा तुम ओंकार को जान लेते हो, तब फिर तुम्हारे लिए किसी चिन्ता की आवश्यकता नहीं रह जाती। (तब तो तुम कृतार्थ हो गए हो।)

युञ्जीत प्रणवे चेतः प्रणवो ब्रह्म निर्भयम्।
प्रणवे नित्ययुक्तस्य न भयं विद्यते क्वचित् ॥25॥

प्रणव के ऊपर चित्त को केन्द्रित करो। प्रणव ही ब्रह्म है और वह निर्भय है। यदि तुम अपने मन को प्रणव के साथ सदैव जोड़ सकते हो, तो कभी भी तुमको भय नहीं होगा।

प्रणवो ह्यपरं ब्रह्म प्रणवश्च परः स्मृतः।
अपूर्वोऽनन्तरोऽबाह्योऽनपरः प्रणवोऽव्ययः ॥26॥

प्रणव सगुण ब्रह्म (अपरब्रह्म) भी है और निर्गुण ब्रह्म (परब्रह्म) भी है। उसके पहले (उसके कारण के रूप में) कुछ भी नहीं था अर्थात् वह कारणरहित है, उससे भिन्न कुछ भी नहीं है। वह

अनन्तर (सर्वव्यापक) है, वह अबाह्य है (उससे बाहर कुछ भी नहीं है)। वह अनपर है (उसके बाद कुछ नहीं है)। वह कार्यरूप भी नहीं है। वह अव्यय (गतिहीन = अजर) है।

सर्वस्य प्रणवो ह्यादिर्मध्यमन्तस्तथैव च।
एवं हि प्रणवं ज्ञात्वा व्यश्नुते तदनन्तरम् ॥27॥

आरंभ, मध्य और अन्त—सब कुछ प्रणव ही है। इस प्रकार यदि प्रणव को पहचाना जाए, तो शीघ्र ही पूर्ण ब्रह्म को जाना जा सकता है।

प्रणवं हीश्वरं विद्यात्सर्वस्य हृदि संस्थितम्।
सर्वव्यापिनमोङ्कारं मत्वा धीरो न शोचति ॥28॥

प्रणव को सबके हृदय में रहता हुआ और सबका नियमन करता हुआ ईश्वर ही समझ लो। विचारशील पुरुष प्रणव को सर्वव्यापी मानता है और ऐसा धीर (विवेकी) पुरुष कभी शोक नहीं करता अर्थात् वह सुख-दुःख से परे हो जाता है।

अमात्रोऽनन्तमात्रश्च द्वैतस्योपशमः शिवः।
ओङ्कारो विदितो येन स मुनिर्नेतरो जनः ॥29॥

जिसने ओंकार को अपरिच्छिन्न, अनन्त, अद्वैत और कल्याणकारी स्वरूप में जान लिया है, वही सच्चा मुनि है; अन्य नहीं।

आगम-प्रकरण समाप्त।

❋

वैतथ्यप्रकरणम्

वैतथ्यं सर्वभावानां स्वप्न आहुर्मनीषिणः।
अन्तःस्थानात्तु भावानां संवृतत्वेन हेतुना ॥1॥

ज्ञानी लोग कहते हैं कि स्वप्न में देखे गए सभी पदार्थ मिथ्या ही होते हैं। ये सभी स्वाप्न पदार्थ तुम्हारे अन्तःकरण में ही होते हैं और छोटे शरीर में स्वप्नदृष्ट बड़े पदार्थ तो समा नहीं सकते। इस संवृतत्व (परिच्छिन्नता) के कारण से वे पदार्थ मिथ्या (वितथ) ही हैं।

अदीर्घत्वाच्च कालस्य गत्वा देशान्न पश्यति।
प्रतिबुद्धश्च वै सर्वस्तस्मिन्देशे न विद्यते ॥2॥

स्वप्न में समय तो बहुत कम होता है, इसलिए स्वप्न में देशान्तर में पदार्थदर्शन होने पर भी शरीर से बाहर जाकर तो आत्मा सचमुच उन्हें देखा नहीं होता और जब वह जागता है, तब वह द्रष्टा अन्य देशों में होता ही नहीं है। (इसलिए सभी स्वप्नदर्शन वितथ अर्थात् मिथ्या ही होते हैं)।

अभावश्च रथादीनां श्रूयते न्यायपूर्वकम्।
वैतथ्यं तेन वै प्राप्तं स्वप्न आहुः प्रकाशितम् ॥3॥

स्वप्न में देखे गए रथ आदि का अभाव तो तर्क से भी और शास्त्रों से भी कहा-सुना जा सकता है। शरीरस्थ अवकाश तो रथादि को रखने के लिए बहुत ही छोटा पड़ता है। यह रथादि के मिथ्यात्व को सिद्ध ही कर देता है। ज्ञानी लोग कहते हैं कि यह बात तर्कों से और शास्त्रों के बार-बार कहने से सिद्ध हो जाती है।

अन्तःस्थानात्तु भेदानां तस्माज्जागरिते स्मृतम्।
यथा तत्र तथा स्वप्ने संवृतत्वेन विद्यते ॥4॥

शरीर में उतना अवकाश नहीं होने से स्वप्नस्थ रथादि को तुम मिथ्या मानते हो। उसी तरह जाग्रत् अवस्था में भी देखे गए पदार्थ मिथ्या ही हैं, भेद केवल इतना ही है कि जाग्रत् अवस्था में विषयों के लिए अवकाश की कमी नहीं होती। पर जाग्रत् के विषय तो स्वप्न जैसे ही होते हैं। अब जब स्वप्न के ये विषय मिथ्या सिद्ध हुए हैं, तो जाग्रत् के वे ही विषय भी मिथ्या ही हो सकते हैं।

स्वप्नजागरितस्थाने ह्येकमाहुर्मनीषिणः।
भेदानां हि समत्वेन प्रसिद्धेनैव हेतुना ॥5॥

स्वप्न और जाग्रत् (दोनों) अवस्था में विषय और विषयी का सम्बन्ध तो समान ही रहता है। आत्मा इन दो अवस्थाओं में जिन विषयों को भोगता है, वे विषय भी तो समान ही हैं। यह प्रसिद्ध ही है इसीलिए ज्ञानी जन कहते हैं कि ये (अस्थायी) विषय मिथ्या हैं। भले ही वे स्वप्न में देखे गए हों या जाग्रत् में।

आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा।
वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः ॥6॥

जो वस्तु पहले नहीं थी और भविष्य में नहीं रहेगी, उसे मिथ्या ही कहा जाता है। ऐसी वस्तु का वर्तमान काल में दिखाई देना भी तो मिथ्या ही है। ऐसा दिखाई देनेवाला विषय मरु-मरीचिका के समान भ्रम ही है। अवितथ (सत्य) तो वह है, जो तीनों काल में वैसा ही रहता है।

सप्रयोजनता तेषां स्वप्ने विप्रतिपद्यते।
तस्मादाद्यन्तवत्त्वेन मिथ्यैव खलु ते स्मृताः ॥7॥

जाग्रत् अवस्था में हमें सभी पदार्थ उपयोगी (आवश्यक) दिखाई पड़ते हैं। परन्तु स्वप्नावस्था में उन पदार्थों की उपयोगिता (सप्रयोजनता) हमें मालूम नहीं पड़ती। इसका अर्थ तो यही होगा कि उन वस्तुओं का प्रारंभ भी होता है और नाश भी होता है और ऐसी वस्तुएँ मिथ्या ही होती हैं।

अपूर्वं स्थानिधर्मो हि यथा स्वर्गनिवासिनाम्।
तानयं प्रेक्षते गत्वा यथैवेह सुशिक्षितः ॥8॥

जिस किसी स्थान में रहनेवालों की अपनी-अपनी स्थानिक विलक्षणताएँ (विशिष्टताएँ) तो होती ही हैं। जैसे स्वर्गनिवासी इन्द्रादि देवों की अनिमिषता, सहस्राक्षता, विशेष प्रकार की सिद्धियाँ आदि होती हैं और ऐसी ही कई विचित्र वस्तुओं को तुम अपने स्वप्न के स्थान में भी देख सकते हो। जिस प्रकार कौन-सी वस्तु कहाँ मिलती है यह रास्ता अगर तुम जानते हो, तो तुम सरलता से उस स्थान (अवस्था) में जाकर उसे देख सकते हो, उसी तरह जब तुम स्वप्न में होते हो, तो बहुत-सी विचित्र वस्तुओं को चिरपरिचित रूप से देखते हो। परन्तु ये सब चीजें मरुमरीचिका की ही तरह मिथ्या हैं।

स्वप्नवृत्तावपि त्वन्तश्चेतसा कल्पितं त्वसत्।
बहिश्चेतोगृहीतं सद्दृष्टं वैतथ्यमेतयोः ॥9॥

स्वप्न में तुम सभी मनोजनित विचित्र वस्तुओं को भीतर ही देखते हो। वे सब मिथ्या हैं। बाहर भी तुम उन्हीं सब वस्तुओं को देखते हो, पर उन्हें तो तुम सत्य मानते हो। यह तुम्हारा किया गया भेद

त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि तुम किसी अवस्था में जो कुछ भी देखते हो, वह मिथ्या ही है, भले तुम उसे सत्य मान बैठे हो।

जाग्रद्वृत्तावपि त्वन्तश्चेतसा कल्पितं त्वसत्।
बहिश्चेतोगृहीतं सद्युक्तं वैतथ्यमेतयोः ॥10॥

जाग्रत् अवस्था में भी तुम अपने अन्त:करण में विषयों की कल्पना कर सकते हो। तब तुम जानते भी हो कि ये कल्पित विषय मिथ्या हैं। पर जब तुम बाह्य पदार्थ (विषय) देखते हो, तब उन्हें सत्य मान लेते हो। पर वास्तव में ये भीतर-बाहर अर्थात् दोनों के अनुभव मिथ्या ही हैं। तर्क भी यही कहता है।

उभयोरपि वैतथ्यं भेदानां स्थानयोर्यदि।
क एतान्बुध्यते भेदान् को वै तेषां विकल्पकः ॥11॥

यदि जाग्रत् और स्वप्न—दोनों अवस्थाएँ मिथ्या हैं, तब तो विषय और विषयी का सम्बन्ध हो ही नहीं सकता और उन दोनों अवस्थाओं में हमारे किए हुए अनुभव जब व्यर्थ हो गए, तब उन अनुभवों को करनेवाला और धारण करनेवाला भी कौन है ?

कल्पयत्यात्मनात्मानमात्मा देवः स्वमायया।
स एव बुध्यते भेदानिति वेदान्तनिश्चयः ॥12॥

स्वप्रकाशक आत्मा अपनी माया की शक्ति से स्वयं अपने को कर्ता के रूप में, कार्य के रूप में और सभी रूपों में प्रकट करता है। स्वयं विशुद्ध चैतन्यस्वरूप होने पर भी माया की सहायता से विविध रूपों को धारण करता है, यह वेदान्त का निश्चय (सार) है।

विकरोत्यपरान्भावानन्तश्चित्ते व्यवस्थितान्।
नियतांश्च बहिश्चित्त एवं कल्पयते प्रभुः ॥13॥

जैसे मन के भीतर स्थित यह समर्थ आत्मा स्वयं को ही इच्छाओं और विचारों के रूप में प्रकट करता है, उसी तरह बाहर भी वही आत्मा (बहिर्मुख होकर) सुस्पष्ट इन्द्रियग्राह्य पदार्थों को स्वयं प्रकट करता है। (कुछ लोग 'चित्ते व्यवस्थितान्' इस पाठ के बदले 'चित्तेऽव्यवस्थितान्' ऐसा पाठान्तर करके—भीतर (चित्त) की इच्छाओं और विचारों को 'अस्पष्ट' बताते हैं)।

चित्तकाला हि येऽन्तस्तु द्वयकालाश्च ये बहिः।
कल्पिता एव ते सर्वे विशेषो नान्यहेतुकः ॥14॥

मन के भीतर जो कल्पित पदार्थ हैं, वे तो कल्पना के समय तक ही टिकनेवाले होते हैं और जो बाह्य पदार्थ हैं, वे भले ही दो काल तक (अर्थात् अपने अस्तित्व के काल तक) टिकने वाले होते हों, पर ये दोनों कल्पित तो हैं ही। दोनों के कल्पित होने के विषय में विशेष-भेद करने का तो कोई कारण नहीं मिलता।

अव्यक्ता एव येऽन्तस्तु स्फुटा एव च ये बहिः।
कल्पिता एव ते सर्वे विशेषस्त्विन्द्रियान्तरे ॥15॥

मन में अवस्थित विचार – वाराणाएँ और पदार्थ भले ही अनभिव्यक्त हों और बाह्य पदार्थ चाहे कितने भी अभिव्यक्त और सुस्पष्ट हों फिर भी वे दोनों ही (बाहरी-भीतरी) केवल कल्पित ही हैं। उनमें

विशेषता (भेद) केवल यही है कि भीतर के पदार्थ अन्तरिन्द्रिय द्वारा और बाहर के पदार्थ बाह्येन्द्रिय के द्वारा काम में लाये जाते हैं।

जीवं कल्पयते पूर्वं ततो भावान्पृथग्विधान्।
बाह्यानाध्यात्मिकांश्चैव यथाविद्यस्तथास्मृतिः ॥16॥

वह चैतन्यात्मा सबसे पहले जीव की कल्पना करता है और बाद में वह जीव तरह-तरह के बाहरी और भीतरी पदार्थों की कल्पना करता है। (अर्थात् चैतन्यकल्पित जीव ही सोचता है कि 'मैं कर्ता-सुखी-दु:खी आदि हूँ'।) इसके बाद वह जीव शब्दादि बाह्य पदार्थों की भी कल्पना करता है। यह प्रस्तुत जीवात्मा अपनी कल्पना के अनुसार बाह्य और भीतरी पदार्थों का अनुभव कर सकता है।

अनिश्चिता यथा रज्जुरन्धकारे विकल्पिता।
सर्पधारादिभिर्भावैस्तद्वदात्मा विकल्पितः ॥17॥

किसी अन्धकारमय स्थान में आप देखते हैं तो रज्जु को, फिर भी आप यह निश्चय नहीं कर पाते कि यह रज्जु ही है। आप समझ रहे हैं कि यह तो साँप है या तो जल की धारा है या और कुछ है। ये सब भ्रम हैं। तो इसी प्रकार जब आप विश्वात्मा (विश्वचैतन्य) को कर्ता के रूप में देखते हैं या उसे सुखी-दु:खी जीव के रूप में देखते हैं, वह आपका भ्रम ही है।

निश्चितायां यथा रज्ज्वां विकल्पो विनिवर्तते।
रज्जुरेवेति चाद्वैतं तद्वदात्मविनिश्चयः ॥18॥

जिस प्रकार उस भ्रम में 'यह तो रज्जु ही है'—इस प्रकार से रज्जु का स्वरूप निश्चित हो जाता है और विकल्प (भ्रम) चला जाता है, उसी प्रकार आत्मा-सम्बन्धी निश्चय के विषय में भी होता है। जब आत्मा के सच्चे स्वरूप के बारे में निश्चित रूप से ज्ञान हो जाता है, तब जीव आदि विकल्प (भ्रम) सब नष्ट हो जाते हैं, तब केवल अद्वैत आत्मा ही प्रतीत होता है।

प्राणादिभिरनन्तैस्तु भावैरेतैर्विकल्पितः।
मायैषा तस्य देवस्य ययायं मोहितः स्वयम् ॥19॥

आत्मा तो अद्वय है। फिर वह प्राणादि रूपों में अलग-अलग क्यों दिखाई देता है ? इसका कारण यह माया है (आत्मा की अनिर्वचनीय शक्ति है)। हमारे द्वारा देखे जाने वाले अनेक विषय तो भ्रमरूप ही हैं। यह अद्वैत आत्मा ही अपनी विशिष्ट शक्ति से मोहित हो जाता है।

प्राण इति प्राणविदो भूतानीति च तद्विदः।
गुणा इति गुणविदस्तत्त्वानीति च तद्विदः ॥20॥

जो लोग प्राण (जीवनीशक्ति = हिरण्यगर्भ) की उपासना करते हैं, वे मानते हैं कि हिरण्यगर्भ ही आत्मा (परमार्थतत्त्व) है। (वैशेषिक लोग ऐसे ईश्वर को विश्व के कर्ता के रूप में मानते हैं) जो लोग भौतिकवादी हैं (जिन्हें लौकायतिक चार्वाक कहा जाता है) वे चार भूतों को ही जगत् का घटक (परमार्थतत्त्व) मानते हैं। जो लोग सांख्यमतानुयायी हैं, वे गुणों को (सत्त्व, रजस् और तमस् को) ही परमतत्त्व (आत्मा) के रूप में मानते हैं और जो शैव हैं, वे तीन तत्त्वों को (शिव, अविद्या और आत्मा को) मूल परमार्थतत्त्व (आत्मा) के रूप में मानते हैं।

पादा इति पादविदो विषया इति तद्विदः।
लोका इति लोकविदो देवा इति च तद्विदः ॥21॥

जो लोग आत्मा के पादों को (अंशों को = अवस्थाओं को) ही मानते हैं, वे विश्व, तैजस और प्राज्ञ को (जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति के अभिमानी आत्मा को) आत्मा के अंशों को ही पूरा आत्मस्वरूप मान लेते हैं। वात्स्यायन जैसे विषयज्ञ कुछ लोग शब्द-स्पर्शादि विषयों को ही आत्मा के रूप में मानते हैं। केवल सांसारिक लोग दुनिया के व्यवहार को (संसार को) ही सब कुछ परमतत्त्व के रूप में मानते हैं। (अथवा तो लोकविद् भूः, भुवः, स्वः आदि लोकों को ही आत्मरूप में मानते हैं)। ऐसे अन्य भी लोग हैं जो देव-देवियों को (अनेक देवों को) मानते हैं और उन देवों को ही विश्व का मूलस्रोत (आत्मा) मान लेते हैं।

वेदा इति वेदविदो यज्ञा इति च तद्विदः ।
भोक्तेति च भोक्तृविदो भोज्यमिति च तद्विदः ।।22।।

वेदों में निष्ठा रखने वाले (वैदिक) लोग वेदों को ही आत्मा (परमतत्त्व) मानते हैं। यज्ञों का अनुष्ठान करनेवाले लोग यज्ञ को ही आत्मा (परमतत्त्व) मानते हैं और जो भोक्तृभाववाले हैं वे भोक्ता को और जो स्वादपरस्त हैं वे पाचक आदि लोग स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों को ही सबसे श्रेष्ठ (परमतत्त्व) आत्मा के रूप में मान लेते हैं।

सूक्ष्म इति सूक्ष्मविदः स्थूल इति च तद्विदः ।
मूर्त इति मूर्तविदोऽमूर्त इति च तद्विदः ।।23।।

कुछ लोग कहते हैं कि आत्मतत्त्व सूक्ष्म (अणु-परमाणु) है, तो कुछ लोग कहते हैं कि वह तो स्थूल है। कुछ मूर्तविद् (सगुणोपासक) उसे मूर्त बताते हैं तो कुछ लोग उसे अमूर्त कहते हैं।

काल इति कालविदो दिश इति च तद्विदः ।
वाद इति वादविदो भुवनानीति तद्विदः ।।24।।

कालोपासक ज्योतिषी लोग उसे कालस्वरूप कहते हैं, जबकि दिशाएँ जाननेवाले स्वरोदय वाले उसे दिशारूप कहते हैं। यंत्र-तंत्र-धातु आदि वाद वाले लोग उसे अपने-अपने वाद के अनुकूल परम सत्य मान लेते हैं। भुवनों को माननेवाले उसे भुवन के रूप में परमतत्त्व मानते हैं।

मन इति मनोविदो बुद्धिरिति च तद्विदः ।
चित्तमिति चित्तविदो धर्माधर्मौ च तद्विदः ।।25।।

मन को जाननेवाले मानसशास्त्री उसे मन के रूप में, बुद्धि में रचे-बसे लोग उसे बुद्धिरूप में, चित्त को जाननेवाले उसे चित्तरूप में और धर्माधर्म (पाप-पुण्य) को माननेवाले उसे उसी रूप में मानते हैं। (जैसी जिसकी समझ होती है, वह उसी प्रकार उस परमतत्त्व को जानता है)।

पञ्चविंशक इत्येके षड्विंश इति चापरे ।
एकत्रिंशक इत्याहुरनन्त इति चापरे ।।26।।

कुछ लोग (सांख्यादि) इस सृष्टि को पच्चीस तत्त्वों वाली मानते हैं। पतंजलि के अनुयायी इस सत्य सृष्टि के छब्बीस तत्त्व मानते हैं। कुछ लोग इकत्तीस तत्त्व मानते हैं और कुछ लोग असंख्य तत्त्व मानते हैं।

लोकाँल्लोकविदः प्राहुराश्रमा इति तद्विदः ।
स्त्रीपुंनपुंसकं लैङ्गाः परापरमथापरे ।।27।।

व्यवहारदक्ष लोग तो लोकव्यवहार को ही परमतत्त्व मान लेते हैं। आश्रमों के आग्रही लोग आश्रमों को, लिङ्गवादी लोग स्त्री-पुरुष को एवं नपुंसक को तथा कुछ लोग कारणब्रह्म को और कुछ कार्यब्रह्म को परमतत्त्व (आत्मा) मानते हैं।

सृष्टिरिति सृष्टिविदो लय इति च तद्विदः ।
स्थितिरिति स्थितिविदः सर्वे चेह तु सर्वदा ।।28।।

सृष्टि को सत्य माननेवाले सृष्टि को, प्रलय को माननेवाले प्रलय को और स्थिति को मानने वाले स्थिति को आत्मा मानते हैं (अर्थात् ब्रह्मा, विष्णु या महेश को परमतत्त्व मानते हैं)।

यं भावं दर्शयेद्यस्य तं भावं स तु पश्यति ।
तं चावति स भूत्वाऽसौ तद्ग्रहः समुपैति तम् ।।29।।

गुरु शिष्य को जिस भाव को (आदर्श को) परमतत्त्व का रूप बताते हैं, उसी भाव (आदर्श – पदार्थ) को शिष्य परमतत्त्व के रूप में देखता है और वह भाव (आदर्श – पदार्थ) भी शिष्यरूप होकर उसकी रक्षा करता है वह भाव उसे जोर से पकड़े रहता है और वह भाव उसे बहुत ही अनुकूल हो जाता है।

एतैरेषोऽपृथग्भावैः पृथगेवेति लक्षितः ।
एवं यो वेद तत्त्वेन कल्पयेत्सोऽविशङ्कितः ।।30।।

इन सभी पदार्थरूप विकल्पों का एकमात्र आधाररूप आत्मा उन पदार्थों से भिन्न है ही नहीं। फिर भी भिन्न रूप से केवल मूर्ख लोगों को दिखाई ही दे रहा है। जो व्यक्ति इस बात को जान लेता है, वह पदार्थों की यथेच्छ कल्पना करे तो भी उसका कुछ बिगड़ता नहीं।

स्वप्नमाये यथा दृष्टे गन्धर्वनगरं यथा ।
तथा विश्वमिदं दृष्टं वेदान्तेषु विचक्षणैः ।।31।।

जिस प्रकार स्वप्न और जादू दिखाई देते हैं, जैसा गंधर्वनगर दिखाई देता है वैसा ही इस जगत् का दर्शन बुद्धिमानों ने वेदान्त में किया है।

न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ।।32।।

कोई नाश (प्रलय) नहीं है, कोई उत्पत्ति भी नहीं है, कोई बद्ध भी नहीं, न ही कोई साधक ही है, कोई मुमुक्षु भी नहीं है और कोइ मुक्त भी नहीं है—यही पारमार्थिकता है।

भावैरसद्भिरेवायमद्वयेन च कल्पितः ।
भावा अप्यद्वयेनैव तस्मादद्वयता शिवा ।।33।।

यह आत्मा प्राणादि मिथ्या भावों से अद्वय रूप से भी कल्पित होता है और ये भाव भी अद्वय (आत्मा) के द्वारा ही कल्पित होते हैं। इसलिए अद्वैत ही मंगल है।

नात्मभावेन नानेदं न स्वेनापि कथंचन ।
न पृथङ् नापृथक्किञ्चिदिति तत्त्वविदो विदुः ।।34।।

यह सब कुछ आत्मस्वरूप से भिन्न नहीं है। नामरूपात्मक जगत् स्वप्रकाश आत्मा से वास्तव में अलग नहीं है। कोई अलग नहीं, कोई अभिन्न नहीं, ऐसा ही तत्त्वज्ञानी लोग जानते हैं।

वीतरागभयक्रोधैर्मुनिभिर्वेदपारगैः ।
निर्विकल्पो ह्ययं दृष्टः प्रपञ्चोपशमोऽद्वयः ।।35।।

वेदों के पारंगत, आसक्ति, भय और क्रोध से रहित मुनियों ने इस अपरिवर्तनशील, अभिन्न, संसार का उपशमन करने वाले, अद्वैत आत्मतत्त्व को देखा है।

तस्मादेवं विदित्वैनमद्वैते योजयेत्स्मृतिम् ।
अद्वैतं समनुप्राप्य जडवल्लोकमाचरेत् ।।36।।

अतः इस आत्मा का ऐसा अभेदरूप जानकर चित्त को अद्वैतभाव में जोड़ना चाहिए। अद्वैतभाव को ठीक तरह से अपनाकर संसार में जड़वत् (बुद्धू की तरह) होकर के आचरण करना चाहिए।

निःस्तुतिर्निर्नमस्कारो निःस्वधाकार एव च ।
चलाचलनिकेतश्च यतिर्यादृच्छिको भवेत् ।।37।।

इस यति को न किसी की स्तुति चाहिए, न नमस्कार। उसके लिए कोई श्राद्ध-क्रिया भी नहीं है। वह शरीर को चल (विनाशी) और आत्मा को अचल (अविनाशी) जानता है। ऐसा मुनि परिस्थिति के अनुकूल आचरण करता है। (वह मुनि स्वयं किसी की खुशामद नहीं करता, किसी को प्रणाम नहीं करता—ऐसा अर्थ भी लिया जा सकता है)।

तत्त्वमाध्यात्मिकं दृष्ट्वा तत्त्वं दृष्ट्वा तु बाह्यतः ।
तत्त्वीभूतस्तदारामस्तत्त्वादप्रच्युतो भवेत् ।।38।।

शरीर के आन्तरिक भागों एवं बाह्य जगत् का तत्त्व—दोनों को सही रूप में अच्छी तरह से जानकर स्वयं तत्त्वरूप बना हुआ और तत्त्व में ही रममाण पुरुष की स्थिति तत्त्व में ही अचल हो जाएगी।

वैतथ्य-प्रकरण समाप्त ।

❋

अद्वैतप्रकरणम्

उपासनाश्रितो धर्मो जाते ब्रह्मणि वर्तते ।
प्रागुत्पत्तेरजं सर्वं तेनासौ कृपणः स्मृतः ।।1।।

उपासना पर आश्रित धर्म तो कार्यब्रह्म (जीव) में ही हो सकता है। वह उपासक कार्यब्रह्म को (जगत् को) उत्पत्ति के पहले (जगत् रूप भ्रम उत्पन्न होने से पहले) सब ब्रह्मरूप था, ऐसा मानता है। (पर अब उपासना काल में तो वह उत्पन्न हुआ ही है, ऐसा भ्रम चालू ही है न ?) इसलिए ऐसा उपासक कृपण माना जाता है।

अतो वक्ष्याम्यकार्पण्यमजाति समतां गतम् ।
यथा न जायते किञ्चिज्जायमानं समन्ततः ।।2।।

इसलिए मैं अब ब्रह्म का स्वरूप कहूँगा। जो ब्रह्म समान रूप से सर्वत्र व्याप्त है, जिसका कभी जन्म नहीं होता। जिस किसी जन्म लिए हुए पदार्थ को तुम देखते हो, वह सब भ्रम ही है। (ब्रह्म जन्महीन है) उत्पन्न होते देखे गए पदार्थ भी उत्पन्न नहीं होते।

आत्मा ह्याकाशवज्जीवैर्घटाकाशैरिवोदितः ।
घटादिवच्च संघातैर्जातावेतन्निदर्शनम् ।।3।।

आत्मा तो आकाश की तरह निरवयव और निःसीम है, पर घटाकाशों की तरह जीवों के रूप में 'उत्पन्न' हुआ है और घटादि की तरह ही देहादि संघातों से जन्मा-सा हुआ है। आत्मा की उत्पत्ति में यह एक उदाहरण है।

घटादिषु प्रलीनेषु घटाकाशादयो यथा ।
आकाशे सम्प्रलीयन्ते तद्वज्जीवा इहात्मनि ।।4।।

जिस तरह घट आदि का नाश होने से घटाकाश का नाश नहीं होता, वह तो महाकाश में सम्पूर्णतया लीन हो जाता है। उसी तरह शरीर के चले जाने पर जीव नष्ट नहीं होते, अपितु यहाँ आत्मा में लीन हो जाते हैं।

यथैकस्मिन्घटाकाशे रजोधूमादिभिर्युते ।
न सर्वे सम्प्रयुज्यन्ते तद्वज्जीवाः सुखादिभिः ।।5।।

जैसे किसी एक घटाकाश में धूल-धुआँ आदि मिलने से, सभी घटाकाशों में तो कहीं ऐसा मिलन हो नहीं सकता न ? ठीक उसी तरह एक जीव सुख या दुःख भोगता है, तो सभी जीव तो ऐसे भोगने वाले नहीं हो जाते।

रूपकार्यसमाख्याश्च भिद्यन्ते तत्र तत्र वै ।
आकाशस्य न भेदोऽस्ति तद्वज्जीवेषु निर्णयः ।।6।।

घटादि उपाधियों के कारण प्रतीत होने वाले भिन्न-भिन्न आकाशों के रूप, कार्य और नाम में तो भेद पड़ जाते हैं, परन्तु उपाधिरहित स्वयं आकाश में तो कोई भेद उत्पन्न नहीं होता। उसी प्रकार जीवों का भी निर्णय करना चाहिए।

नाकाशस्य घटाकाशो विकारावयवौ यथा ।
नैवात्मनः सदा जीवो विकारावयवौ तथा ।।7।।

जिस प्रकार घटाकाश, महाकाश का न तो विकार है और न तो कोई अवयव ही है, उसी प्रकार किसी भी समय में जीव आत्मा का विकार भी नहीं और अवयव भी नहीं है।

यथा भवति बालानां गगनं मलिनं मलैः ।
तथा भवत्यबुद्धानामात्मापि मलिनो मलैः ।।8।।

जैसे बच्चों को बादल आदि से घिरा आकाश मैला मालूम होता है, वैसे ही अज्ञानियों को यह आत्मा क्रोध-लोभादि मलिनताओं से मैला मालूम पड़ता है।

मरणे सम्भवे चैव गत्यागमनयोरपि ।
स्थितौ सर्वशरीरेषु आकाशेनाविलक्षणः ।।9।।

यह आत्मा सभी शरीरों में मृत्यु, जन्म, परलोकगमन, पुनरागमन, स्थायी रहना आदि सभी बातों में आकाश से अविलक्षण (आकाश जैसा) ही है। अर्थात् उन सभी व्यवहारों में रहता हुआ भी वह आकाश की ही तरह व्यापक और विकारशून्य ही रहता है।

सङ्घाताः स्वप्नवत्सर्वे आत्ममायाविसर्जिताः।
आधिक्ये सर्वसाम्ये वा नोपपत्तिर्हि विद्यते ॥10॥

सभी देहादि संघात (आत्मा की मायारूप) अविद्या शक्ति से ही स्वप्न की तरह बने हैं, ऐसा जानना चाहिए। उनमें से किसी को श्रेष्ठ मानने में या किसी को समान मानने में कोई तर्कसंगति नहीं है।

रसादयो हि ये कोशा व्याख्यातास्तैत्तिरीयके।
तेषामात्मा परो जीवः खं यथा सम्प्रकाशितः ॥11॥

तैत्तिरीय उपनिषद् में जो अन्नरसमय आदि कोशों का वर्णन किया गया है, उन सभी का निर्वहन करता हुआ भी यह आत्मा उनसे परे (आकाश के समान व्यापक) ही है, ऐसा वहाँ स्पष्ट कर दिया गया है।

द्वयोर्द्वयोर्मधुज्ञाने परं ब्रह्म प्रकाशितम्।
पृथिव्यामुदरे चैव यथाऽऽकाशः प्रकाशितः ॥12॥

जिस प्रकार पृथ्वी पर आकाश है, उसी प्रकार शरीर के भीतर उदर में भी वही आकाश है, उसी प्रकार यह ब्रह्म भीतर भी है और बाहर भी है (सर्वत्र है)। इस प्रकार भीतर-बाहर (के युगलों में) आधिदैविक और आध्यात्मिक (दो-दो में) ब्रह्म के होने की बात बृहदारण्यकोपनिषद् के मधुब्राह्मण में कही गई है।

जीवात्मनोरनन्यत्वमभेदेन प्रशस्यते।
नानात्वं निन्द्यते यच्च तदेवं हि समञ्जसम् ॥13॥

जीव और आत्मा की अद्वयत्व के रूप में अभेद के निश्चय की प्रतीति हो और भेदभाव का तिरस्कार हो, यही बात प्रशंसनीय है।

जीवात्मनोः पृथक्त्वं यत्प्रागुत्पत्तेः प्रकीर्तितम्।
भविष्यद्वृत्त्या गौणं तन्मुख्यत्वं हि न युज्यते ॥14॥

पूर्व उपनिषदों में सृष्टि की उत्पत्त्यादि सम्बन्धी वाक्यों में जीव-ब्रह्म की भिन्नता ठीक तरह से बताई है, वह तो भावि कथन की अपेक्षा वाली होने से गौण है। यह कोई मुख्य नहीं है।

मृल्लोहविस्फुलिङ्गाद्यैः सृष्टिर्या चोदितान्यथा।
उपायः सोऽवताराय नास्ति भेदः कथञ्चन ॥15॥

मिट्टी, लोहा, चिनगारी आदि दृष्टान्तों के माध्यम से तरह-तरह से सृष्टि की उत्पत्ति समझायी गई है, वह तो केवल ब्रह्मात्मैक्य के दुर्बोध विषय में बुद्धि को प्रवेश कराने के लिए तर्क है। वास्तव में इनमें जरा-सा भेद है ही नहीं।

आश्रमास्त्रिविधा हीनमध्यमोत्कृष्टदृष्टयः।
उपासनोपदिष्टेयं तदर्थमनुकम्पया ॥16॥

शास्त्रों में जो कर्माधिकारानुसार हीन, मध्यम, उत्तम आश्रम-धर्म बताए हैं, वे धर्म (उपासनाएँ) तो उन लोगों के ऊपर अनुकम्पा करने के लिए ही बताए हैं। (ज्ञान के अनधिकारियों के ऊपर कृपा की है, जिसमें वे उपासना करते-करते आगे बढ़ते हैं)। (द्वैत तो अधिकार-भेद से अद्वैत की ओर जाने का एक सोपान ही है)।

स्वसिद्धान्तव्यवस्थासु द्वैतिनो निश्चिता दृढम्।
परस्परं विरुध्यन्ते तैरयं न विरुध्यते ॥17॥

द्वैती लोग अपनी-अपनी सिद्धान्तयोजना में सुदृढ़ हैं। इसलिए परस्पर झगड़ते हैं। पर इस अद्वैती का तो किसी से भी विरोध नहीं है।

अद्वैतं परमार्थो हि द्वैतं तद्भेद उच्यते।
तेषामुभयथा द्वैतं तेनायं न विरुद्ध्यते ॥18॥

अद्वैत ही पारमार्थिक है, द्वैत तो उसके भेद कहलाते हैं। द्वैतियों का तो परमार्थ और अपरमार्थ—दोनों द्वैत ही है। पर द्वैत तो अद्वैत पर आधारित है, इसलिए द्वैतियों से हमारा (अद्वैतियों का) कोई विरोध नहीं है।

मायया भिद्यते ह्येतन्नान्यथाजं कथञ्चन।
तत्त्वतो भिद्यमाने हि मर्त्यताममृतं व्रजेत् ॥19॥

अद्वैत में माया से ही भेद होता है। यह अजन्मा आत्मा कभी भी भिन्न नहीं हो सकता। क्योंकि यदि वास्तव में उसमें भेद हो जाए, तब तो 'अमृत' ही 'मर्त्य' हो जाएगा।

अजातस्यैव भावस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः।
अजातो ह्यमृतो ह्यतो मर्त्यतां कथमेष्यति ॥20॥

जो कभी जन्मा ही नहीं, उसकी उत्पत्ति की ये वादी (द्वैती) अपेक्षा करते हैं। पर जो जन्मा ही नहीं, जो इसलिए अमर है, उसकी मर्त्यता (मरणशीलता) भला कैसे हो सकती है ?

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यममृतं तथा।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथंचिद्भविष्यति ॥21॥

अमर पदार्थ कभी मरणशील नहीं हो सकता और मरणशील कभी अमर नहीं हो सकता। प्रकृति से विरुद्ध परिस्थिति कभी हो नहीं सकती।

स्वभावेनामृतो यस्य भावो गच्छति मर्त्यताम्।
कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः ॥22॥

जिन लोगों के मत में पारमार्थिक अमरता का स्वरूप भी मरणशीलता को प्राप्त होता है, उनके कृतक (कपोलकल्पित मत) से अमृत मोक्ष भी तो भला कैसे शाश्वत रह सकता है ?

भूततोऽभूततो वापि सृज्यमाने समा श्रुतिः।
निश्चितं युक्तियुक्तं च यत्तद्भवति नेतरत् ॥23॥

सृष्टिपरक श्रुतियाँ तो पारमार्थिक और प्रातिभासिक—दोनों अर्थों में ठीक बैठती हैं। इसलिए उन दोनों में जो निःसंदेह और तर्कपूर्ण हो, वही मानना चाहिए अन्य नहीं। (तात्पर्य है कि आत्मतत्त्व की अद्वितीयता ही निःसंदिग्ध और तर्कपूर्ण है)।

नेह नानेति चाम्नायादिन्द्रो मायाभिरित्यपि ।
अजायमानो बहुधा मायया जायते तु सः ।।24।।

'नेह नानास्ति' इत्यादि तथा 'इन्द्रो मायाभिः' इत्यादि वाक्यों में कहा गया है कि वास्तव में अजन्मा यह आत्मा माया के द्वारा मानो जन्म-सा लेता है।

सम्भूतेरपवादाच्च सम्भवः प्रतिषिध्यते ।
को न्वेनं जनयेदिति कारणं प्रतिषिध्यते ।।25।।

श्रुति में 'संभूति' (उत्पत्ति) का निषेध किया गया है, इसलिए आत्मा का संभव तो प्रतिषिद्ध है ही। और 'इसे कौन उत्पन्न कर सकता है'—ऐसे श्रुतिवाक्यों से कारण का निषेध किया गया है।

स एष नेति नेतीति व्याख्यातं निह्नुते यतः ।
सर्वमग्राह्यभावेन हेतुनाजं प्रकाशते ।।26।।

'यह आत्मा नहीं, यह आत्मा नहीं'—इस प्रकार आत्मा की अग्राह्यता के ऊपर जोर देकर सबको नकार दिया है। इस निषेध से ही यह अजन्मा आत्मा प्रकाशित हो जाता है।

सतो हि मायया जन्म युज्यते न तु तत्त्वतः ।
तत्त्वतो जायते यस्य जातं तस्य हि जायते ।।27।।

'सत्' तत्त्व का जन्म तो माया से ही होना सम्भव है, पारमार्थिक रूप से तो उसका जन्म हो ही नहीं सकता। जिनके मत में 'सत्' का जन्म पारमार्थिक रूप से होता है, उन्हें भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि उत्पत्तिशील पदार्थ की ही उत्पत्ति हो सकती है, अन्य की तो नहीं ही हो सकती।

असतो मायया जन्म तत्त्वतो नैव युज्यते ।
बन्ध्यापुत्रो न तत्त्वेन मायया वापि जायते ।।28।।

स्वभावतः असत् वस्तु की उत्पत्ति तो पारमार्थिक रूप से हो ही नहीं सकती। तीनों काल में अभाववाला बाँझ का पुत्र तो माया से भी उत्पन्न नहीं हो सकता।

यथा स्वप्ने द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः ।
तथा जाग्रद्द्वयाभासं स्पन्दते मायया मनः ।।29।।

स्वप्न में जैसे माया के द्वारा मन द्वैताभास रूप से प्रस्फुटित होता है, वैसे ही जाग्रत् अवस्था में भी मन ही द्वैताभास के रूप में स्पन्दित (स्फुरित) होता है।

अद्वयं च द्वयाभासं मनः स्वप्ने न संशयः ।
अद्वयं च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः ।।30।।

यह निश्चित है कि मूलतः अद्वैत मन ही स्वप्न में द्वैतरूप में भासमान होता है। उसी प्रकार जाग्रत् अवस्था में भी वही अद्वैत मन द्वैतरूप में भासमान होता है।

मनोदृश्यमिदं द्वैतं यत्किञ्चित्सचराचरम् ।
मनसो ह्यमनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते ।।31।।

यह जो कुछ स्थावर-जंगम देखा जाता है, वह केवल मन का ही दृश्य है। यदि मन का मनोरूप ही चला जाय (संकल्प-विकल्पात्मकता नष्ट हो जाए) तो द्वैत जैसा कुछ लगेगा ही नहीं।

आत्मसत्यानुबोधेन न सङ्कल्पयते यदा ।
अमनस्तां तदा याति ग्राह्याभावे तदग्रहम् ।।32।।

गुरूपदेशादि द्वारा आत्मा के सत्यत्वादि रूप का ज्ञान होने पर जब मन संकल्प-विकल्प नहीं करता, तब वह 'अमनस्कता' को (मनस्तत्त्व के अभाव को) प्राप्त होता है। क्योंकि तब उसे ग्रहण करने के लिए कुछ नहीं होता। इसलिए वह मन 'अग्रह' (ग्रहणभाव से रहित) हो जाता है।

अकल्पकमजं ज्ञानं ज्ञेयाभिन्नं प्रचक्षते ।
ब्रह्मज्ञेयमजं नित्यमजेनाजं विबुध्यते ।।33।।

कल्पनारहित केवल वह अनादि ज्ञान ज्ञेय से अभिन्न है—ऐसा ज्ञानी लोग कहते हैं। ऐसा ब्रह्म विषयक ज्ञान नित्य है, अनादि है। इसलिए अनादि ही अनादि को जानता है अर्थात् अनादि ज्ञान को अनादि परमतत्त्व जानता है।

निगृहीतस्य मनसो निर्विकल्पस्य धीमतः ।
प्रचारः स तु विज्ञेयः सुषुप्तेऽन्यो न तत्समः ।।34।।

निरुद्ध, कल्पनाशून्य और विवेकसम्पन्न मन की जो प्रवृत्ति होती है, वह विशेष जानने योग्य है। सुषुप्तावस्था की बात उससे अलग है। चित्तनिरोध की स्थिति निद्रा में नहीं होती।

लीयते हि सुषुप्ते तन्निगृहीतं न लीयते ।
तदेव निर्भयं ब्रह्म ज्ञानालोकं समन्ततः ।।35।।

निद्रासमय में मन अविद्या में लीन हो जाता है, पर निरुद्धावस्था में ऐसा नहीं होता। उस समय तो चारों ओर से ज्ञानरूपी प्रकाशवाला निर्भय ब्रह्म अकेला ही रहता है।

अजमनिद्रमस्वप्नमनामकमरूपकम् ।
सकृद्विभातं सर्वज्ञं नोपचारः कथञ्चन ।।36।।

उस ब्रह्म का जन्म, निद्रा, स्वप्न, नाम, रूप—कुछ भी नहीं है। वह सर्वदा भासमान, सर्वज्ञ है। उसमें किसी उपचार (क्रियाविधि) की कोई आवश्यकता नहीं है।

सर्वाभिलाषविगतः सर्वचिन्तासमुत्थितः ।
सुप्रशान्तः सकृज्ज्योतिः समाधिरचलोऽभयः ।।37।।

वह सब प्रकार के वाणी व्यापार से रहित है (इन्द्रियव्यापारों से भी रहित है), सभी चिन्तन से परे है। वह सर्वदा प्रशान्त, सर्वदा प्रकाशमान, अनुभूतिगम्य, निश्चल और अभय है।

ग्रहो न तत्र नोत्सर्गश्चिन्ता यत्र न विद्यते ।
आत्मसंस्थं तदा ज्ञानमजाति समतां गतम् ।।38।।

वहाँ नाममात्र का भी चिन्तन नहीं है। वहाँ किसी का ग्रहण या त्याग करने की कोई अपेक्षा नहीं है। ऐसी स्थिति में वह आत्मज्ञान जन्मादिरहित और एकसमान ही होता है।

अस्पर्शयोगो वै नाम दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः ।
योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः ।।39।।

इस अमनीकरण का नाम 'अस्पर्शयोग' कहा गया है। यह 'अस्पर्शयोग' सचमुच महान् योगियों के लिए भी दुर्विज्ञेय है। यह पद निर्भय होने पर भी भेद देखनेवाले योगी इससे डरते रहते हैं।

मनसो निग्रहायत्तमभयं सर्वयोगिनाम्।
दुःखक्षयः प्रबोधश्चाप्यक्षया शान्तिरेव च ।।40।।

आत्मसाक्षात्कार के इच्छुक योगी इस अस्पर्शयोग से (मन के निग्रह से) अभय, दुःखनाश, ज्ञानोपलब्धि और अमरशान्ति पा सकते हैं।

उत्सेक उदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिन्दुना।
मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेदपरिखेदतः ।।41।।

घास के तिनके की नोक से बिन्दु-बिन्दु करके सागर उलीचना जैसे असीम धैर्य की अपेक्षा करता है, वैसे ही खेद छोड़कर अर्थात् प्रसन्नता से धैर्यपूर्वक मनोनिग्रह किया जा सकता है।

उपायेन निगृह्णीयाद्विक्षिप्तं कामभोगयोः।
सुप्रसन्नं लये चैव यथा कामो लयस्तथा ।।42।।

कामभोग में पड़े (विक्षिप्त) मन को उपाय से निगृहीत और प्रसन्न करना चाहिए और साथ ही लय की लत लगाए मन का भी निग्रह करना चाहिए। क्योंकि कामभोग की तरह लय भी अनर्थकारी ही है।

दुःखं सर्वमनुस्मृत्य कामभोगान्निवर्तयेत्।
अजं सर्वमनुस्मृत्य जातं नैव तु पश्यति ।।43।।

दुःखमय द्वैत का स्मरण करते हुए कामभोग से मन को वापस लौटाना चाहिए। सब कुछ जन्मरहित ब्रह्मस्वरूप ही है—ऐसा स्मरण करके मनुष्य उत्पत्तिशील अनित्य को देखता ही नहीं है।

लये सम्बोधयेच्चित्तं विक्षिप्तं शमयेत्पुनः।
सकषायं विजानीयात्समप्राप्तं न चालयेत् ।।44।।

सुषुप्ति (आलस्य), निद्रादि में लीन चित्त को अच्छी तरह से जगाना चाहिए। वह विक्षिप्त हो जाए तो पुनः उसे शान्त करना चाहिए। यदि चित्त सकषाय (इन्द्रियविषयासक्त) हो, तो उसे सावधान कर देना चाहिए। (चेतावनी देकर पुनः आत्मस्थ कर देना चाहिए)। एक बार यदि तुमने अपने मन को सम-प्राप्त कर लिया (संयत या स्थिर कर लिया) हो, तो पुनः उसे बाह्य पदार्थों की ओर आकर्षित नहीं करने देना चाहिए।

नास्वादयेत्सुखं तत्र निःसङ्गः प्रज्ञया भवेत्।
निश्चलं निश्चरच्चित्तमेकीकुर्यात्प्रयत्नतः ।।45।।

साम्यावस्थारूप समाधि में भी वह समाधिजन्य सुख के आस्वाद की अपेक्षा न करे और उस अवस्था में भी अपनी विवेकशील बुद्धि से वह निःसंग ही रहे। यदि उसका चित्त बाहर भटकने का प्रयत्न करे, तो उसे फिर से प्रयत्नपूर्वक निश्चल और एकाग्र करे।

यदा न लीयते चित्तं न च विक्षिप्यते पुनः।
अनिङ्गनमनाभासं निष्पन्नं ब्रह्म तत्तदा ।।46।।

चित्त जब सुषुप्ति में लीन न हो अथवा तो फिर से विक्षेप में भी न पड़ा हो, निश्चल हो गया हो और द्वैत के किसी भी प्रकार के आभास से रहित हो गया हो, तब तो वह ब्रह्म ही है (ऐसा समझना चाहिए)।

स्वस्थं शान्तं सनिर्वाणमकथ्यं सुखमुत्तमम्।
अजमजेन ज्ञेयेन सर्वज्ञं परिचक्षते ।।47।।

इससे होनेवाला अनुभव स्वस्थ, शान्त, निर्वाणयुक्त, अवर्णनीय, परमसुखमय अजन्मा (ब्रह्म से अभिन्न) और अनादि होता है, ऐसा ज्ञानीलोग कहते हैं।

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते।
एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ।।48।।

कोई जीव उत्पन्न नहीं होता, उसकी उत्पत्ति का कोई कारण नहीं है। यही परम सत्य बात है कि जहाँ कोई कहीं जन्म ही नहीं लेता।

अद्वैत-प्रकरण समाप्त।

❋

अलातशान्तिप्रकरणम्

ज्ञानेनाकाशकल्पेन धर्मान्यो गगनोपमान्।
ज्ञेयाभिन्नेन सम्बुद्धस्तं वन्दे द्विपदां वरम् ।।1।।

ऐसे श्रेष्ठ मानव को मैं प्रणाम करता हूँ जिसने आकाश के समान व्यापक अपने आत्मतत्त्व को (अपने स्वरूप को) जान लिया है। वही सच्चे रूप में आत्मज्ञ है। उसी आत्मज्ञान से वह आत्मा के गुणों को जान सकता है।

अस्पर्शयोगो वै नाम सर्वसत्त्वसुखो हितः।
अविवादोऽविरुद्धश्च देशितस्तं नमाम्यहम् ।।2।।

सर्व प्राणियों के लिए कल्याणकारी, सुखकारी, क्लेशहीन और अविरुद्ध यह अस्पर्शयोग शास्त्रों ने बताया है, उस (अस्पर्शयोग) को मैं प्रणाम करता हूँ।

भूतस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः केचिदेव हि।
अभूतस्यापरे धीरा विवदन्तः परस्परम् ।।3।।

कुछ मत-वादी लोग अस्तित्ववाले पदार्थ की उत्पत्ति मानते हैं, जबकि कुछ ऐसे धीर विवादी (बुद्धिशाली) लोग भी हैं, जो कि एक-दूसरे से विवाद करते हुए असत्पदार्थ की भी उत्पत्ति मानते हैं।

भूतं न जायते किंचिदभूतं नैव जायते।
विवदन्तोऽद्वया ह्येवमजातिं ख्यापयन्ति ते ।।4।।

कुछ लोग कहते हैं कि विद्यमान पदार्थ उत्पन्न नहीं होता। तो कुछ लोग कहते हैं कि अविद्यमान पदार्थ जन्मता नहीं है। इस प्रकार विवाद करते हुए वे दोनों अद्वैतवादी अजातिवाद का ही स्थापन करते हैं।

ख्याप्यमानामजातिं तैरनुमोदामहे वयम् ।
विवदामो न तैः सार्धमविवादं निबोधत ।।5।।

उनके स्थापित किए हुए अजातिवाद का हम समर्थन करते हैं। हमारा उनसे कोई विवाद नहीं है। हमारे इस विवादरहित परमार्थदर्शन को आप समझ लें।

अजातस्यैव धर्मस्य जातिमिच्छन्ति वादिनः ।
अजातो ह्यमृतो धर्मो मर्त्यतां कथमेष्यति ।।6।।

विवादी लोग 'अजात' वस्तु की 'उत्पत्ति' की कल्पना करते हैं। (वैशेषिक लोग) किन्तु जो उत्पन्न हुआ ही नहीं है और जो आत्मा अमर है, वह भला कैसे मृत्यु को प्राप्त होगा ?

न भवत्यमृतं मर्त्यं न मर्त्यममृतं तथा ।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथञ्चिद्भविष्यति ।।7।।

मरणहीन कभी मृत्युशील नहीं बन सकता और मरणशील कभी अमर नहीं हो सकता। किसी भी प्रकार से स्वभाव के विपरीत बात तो हो ही नहीं सकती।

स्वभावेनामृतो यस्य धर्मो गच्छति मर्त्यताम् ।
कृतकेनामृतस्तस्य कथं स्थास्यति निश्चलः।।8।।

जिनके मत में स्वभाव से अमृत वस्तु भी मृत्यु के वश में आ जाती हो, उनके अभिप्रायानुसार तो 'अमृत' पदार्थ भी कृतक (जन्मा हुआ) होने से वह पदार्थ निश्चल (अविनाशी) कैसे रह सकता है ?

सांसिद्धिकी स्वाभाविकी सहजा अकृता च या ।
प्रकृतिः सेति विज्ञेया स्वभावं न जहाति या ।।9।।

'प्रकृति' तो इसे ही कहा जाता है कि जो योगसिद्धि से प्राप्त हो, जो जन्मजात (सहज) हो, जो बनाई हुई नहीं हो और जो अपने स्वरूप को कभी बदलती न हो।

जरामरणनिर्मुक्ताः सर्वे धर्माः स्वभावतः ।
जरामरणमिच्छन्तश्च्यवन्ते तन्मनीषया ।।10।।

वास्तव में अपने स्वरूप से ही ये सभी जीव जरा और मरण से रहित ही हैं, परन्तु वे जरा और मृत्यु का चिन्तन करते हुए अपने स्वरूप को खो बैठे और गिर गए।

कारणं यस्य वै कार्यं कारणं तस्य जायते ।
जायमानं कथमजं भिन्नं नित्यं कथं च तत् ।।11।।

जिन (सांख्यों) के मत में कारण ही कार्य है, उनके अनुसार तो कारण ही उत्पन्न होता है। पर जो उत्पन्न होता है, वह जन्मरहित कैसे होगा ? और यदि कार्य कारण से भिन्न हो, तो वह जन्मशील होने से नित्य कैसे होगा ?

कारणाद्यद्यनन्यत्वमतः कार्यमजं यदि ।
जायमानाद्धि वै कार्यात्कारणं ते कथं ध्रुवम् ।।12।।

तुम्हारे (सांख्य के) मतानुसार यदि कारण से कार्य अलग न हो, तो कार्य भी तो कारण की तरह

ही जन्मरहित हो जाएगा। यदि ऐसा हो तो उत्पत्तिशील कार्य से अभिन्न माना गया कारण अविचल कैसे हो सकता है ?

अजाद्वै जायते यस्य दृष्टान्तस्तस्य नास्ति वै ।
जाताच्च जायमानस्य न व्यवस्था प्रसज्यते ।।13।।

'अजन्मा पदार्थ से (प्रधान से) ही किसी कार्य की उत्पत्ति होती है'—ऐसा माननेवालों के पास कोई दूसरा दृष्टान्त नहीं है। और उत्पत्तिशील पदार्थ से ही अन्य पदार्थ (कार्य) की उत्पत्ति मानने में अनवस्था दोष आता है, यह कोई तार्किक व्यवस्था नहीं है।

हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च ।
हेतोः फलस्य चानादिः कथं तैरुपवर्ण्यते ।।14।।

जिनके मत में (कर्मरूपी) कारण से (शरीररूप) कार्य की उत्पत्ति होती है और (शरीररूप) कारण से (कर्मरूप) कारण की उत्पत्ति होती है, (अर्थात् कारण कार्य बन जाता है और कार्य कारण बन जाता है) तब तो यह प्रश्न स्पष्ट हो गया कि ये (सांख्यादि द्वैती लोग) 'अनादि' वस्तु को कैसे समझाएँगे ?

हेतोरादिः फलं येषामादिर्हेतुः फलस्य च ।
तथा जन्म भवेत्तेषां पुत्राज्जन्म पितुर्यथा ।।15।।

जिनके मत में हेतु का कारण फल है (कारण का कारण 'कार्य' है) और फल का कारण हेतु है (कार्य का कारण 'कारण' है) उनकी मानी हुई उत्पत्ति तो पुत्र से पिता का जन्म हो, इस प्रकार है।

सम्भवे हेतुफलयोरेषितव्यः क्रमस्त्वया ।
युगपत्सम्भवे यस्मादसम्बन्धो विषाणवत् ।।16।।

कार्य-कारण के सम्बन्ध में तुम्हें (वादी को) क्रम का स्वीकार तो करना ही होगा। कार्य और कारण यदि एक साथ ही उत्पन्न हों, तब तो किसी पशु के दो सींगों की तरह कार्य-कारणभाव हो ही नहीं सकता।

फलादुत्पद्यमानः सन्न ते हेतुः प्रसिध्यति ।
अप्रसिद्धः कथं हेतुः फलमुत्पादयिष्यति ।।17।।

हेतु यदि फल से उत्पन्न होता हो (कारण यदि कार्य से उत्पन्न होता हो), तो वह हेतु प्रकट तो नहीं होता और जो हेतु प्रकट नहीं है, वह फल (कार्य) कैसे उत्पन्न कर सकता है ?

यदि हेतोः फलात्सिद्धिः फलसिद्धिश्च हेतुतः ।
कतरत्पूर्वनिष्पन्नं यस्य सिद्धिरपेक्षया ।।18।।

यदि हेतु की सिद्धि फल में हो और फल की सिद्धि हेतु में हो, तब उनमें से पहले कौन पैदा हुआ कि जिसकी अपेक्षा से दूसरे की सिद्धि मानी जा सकती है ?

अशक्तिरपरिज्ञानं क्रमकोपोऽथ वा पुनः ।
एवं हि सर्वथा बुद्धैरजातिः परिदीपिता ।।19।।

ऐसी उत्तर देने की अशक्ति पूर्णज्ञानाभाव ही है अथवा तो इससे क्रम उलट जाता है। इस प्रकार ज्ञानी लोग सब तरह से अजातिवाद का स्थापन करते हैं।

बीजाङ्कुराख्यो दृष्टान्तः सदा साध्यसमो हि सः।
न हि साध्यसमो हेतुः सिद्धौ साध्यस्य युज्यते ।।20।।

बीजाङ्कुर का उदाहरण तो तुम्हारे साध्य की तरह ही असिद्ध है और अभी असिद्ध साध्य के लिए तुम्हारा असिद्ध हेतु तो साध्य ही सिद्धि में उपयोगी नहीं हो सकता।

पूर्वापरापरिज्ञानमजातेः परिदीपकम्।
जायमानाद्धि वै धर्मात् कथं पूर्वं न गृह्यते ।।21।।

हेतु और फल के पूर्वापरत्व का अज्ञान तो उत्पत्ति के अभाव को ही प्रकट कर देता है। क्योंकि यदि धर्म (कार्य = जीवत्व) सचमुच ही उत्पन्न होता हो, तो उसके पूर्वकारण का स्वीकार क्यों नहीं किया जाता ?

स्वतो वा परतो वापि न किञ्चिद्वस्तु जायते।
सदसत्सदसद्वापि न किञ्चिद्वस्तु जायते ।।22।।

'स्व' में से या 'पर' में से कोई भी पदार्थ उत्पन्न नहीं होता। क्योंकि 'सत्' से, 'असत्' से और 'सदसत्' से कोई भी पदार्थ उत्पन्न नहीं होता।

हेतुर्न जायतेऽनादेः फलं चापि स्वभावतः।
आदिर्न विद्यते यस्य तस्य ह्यादिर्न विद्यते ।।23।।

फल या हेतु—जो भी अनादि है, उसमें से जैसे कारण नहीं जन्मता, वैसे फल भी उत्पन्न नहीं हो सकता। जिसका कारण नहीं होता, उसकी उत्पत्ति नहीं होती।

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमन्यथा द्वयनाशतः।
संक्लेशस्योपलब्धेश्च परतन्त्रास्तिता मता ।।24।।

शब्दादि संवेदना का निमित्त (आधार) कोई-न-कोई विषय होता ही है, क्योंकि विषय और विषयी न हो तो द्वैत का नाश होगा और दुःखादि की प्राप्ति होने से भी इन द्वैतवादी लोगों के शास्त्रों में बाह्य वस्तु की (विषय की) विद्यमानता को स्वीकार किया गया है।

प्रज्ञप्तेः सनिमित्तत्वमिष्यते युक्तिदर्शनात्।
निमित्तस्यानिमित्तत्वमिष्यते भूतदर्शनात् ।।25।।

पूर्वोक्त तर्कों के आधार पर तुम शब्दादि प्रतीति (संवेदनाओं की) योग्यता को स्वीकार करते हो, परन्तु पारमार्थिक दृष्टि से देखने पर हम तो विषय के अविषयत्व को ही मानते हैं।

चित्तं न संस्पृशत्यर्थं नार्थाभासं तथैव च।
अभूतो हि यतश्चार्थो नार्थाभासस्ततः पृथक् ।।26।।

चित्त किसी भी पदार्थ का स्पर्श नहीं करता और पदार्थ के आभास का भी तो स्पर्श नहीं करता। पदार्थ स्वयं चित्तविवर्त के सिवा और कुछ नहीं है, ऐसे ही अर्थाभास भी चित्त से कोई पृथक् वस्तु नहीं है। (यदि पदार्थ असत् है तो पदार्थाभास भी तो असत् ही हुआ)।

निमित्तं न सदा चित्तं संस्पृशत्यध्वसु त्रिषु।
अनिमित्तो विपर्यासः कथं तस्य भविष्यति ।।27।।

तीनों मार्ग (काल) में चित्त किसी भी विषय (निमित्त) का स्पर्श नहीं करता और जहाँ निमित्त (विषय) ही न हो, वहाँ फिर चित्त को बिना कारण ही विपरीत ज्ञान भला क्यों होगा ?

तस्मान्न जायते चित्तं चित्तदृश्यं न जायते।
तस्य पश्यन्ति ये जातिं खे वै पश्यन्ति ते पदम् ।।28।।

इसलिए न तो चित्त उत्पन्न होता है, न वा कोई दृश्य ही उत्पन्न होता है। जिन लोगों को इनका जन्म दिखाई देता है, वे मानो आकाश में पदचिह्न देख रहे हैं।

अजातं जायते यस्मादजातिः प्रकृतिस्तथा।
प्रकृतेरन्यथाभावो न कथंचिद्भविष्यति ।।29।।

जन्मरहित चित्त का ही जन्म होता है। उसका स्वभाव ही जन्माहित्य है और स्वभाव का बदलाव तो किसी भी तरह हो ही नहीं सकता।

अनादेरन्तवत्त्वं च संसारस्य न सेत्स्यति।
अनन्तता चादिमतो मोक्षस्य न भविष्यति ।।30।।

सृष्टि को अनादि माननेवालों को यह मानना होगा कि वह अनन्त भी है। तो मोक्ष को सादि मानने पर वह अनन्त (स्थायी) भी नहीं हो सकेगा। क्योंकि जो सादि होता है वह सान्त होता है और जो अनादि होता है, वह अनन्त है।

आदावन्ते च यन्नास्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा।
वितथैः सदृशाः सन्तोऽवितथा इव लक्षिताः ।।31।।

जो पदार्थ पहले नहीं होते, वे बाद में भी नहीं होते। वे वर्तमान में भी वैसे ही अस्तित्वहीन हैं। वे मिथ्या होने पर भी अवितथ (अमिथ्या) हों, ऐसे लग रहे हैं।

सप्रयोजनता तेषां स्वप्ने विप्रतिपद्यते।
तस्मादाद्यन्तवत्त्वेन मिथ्यैव खलु ते स्मृताः ।।32।।

जाग्रत् समय के उन पदार्थों की सप्रयोजनता निद्रा में उल्टी हो जाती है (जाग्रत् की वास्तविकता निद्रा में अवास्तविकता हो जाती है)। अतः आदि और अन्त वाले होने से वे पदार्थ मिथ्या ही हैं।

सर्वे धर्मा मृषा स्वप्ने कायस्यान्तर्निदर्शनात्।
संवृतेऽस्मिन्प्रदेशे वै भूतानां दर्शनं कुतः ।।33।।

स्वप्नकाल में सभी पदार्थ शरीर के भीतर ही भासमान होने से मिथ्या ही हैं। ऐसे संकुचित प्रदेश में प्राणियों का वास्तविक दर्शन कैसे हो सकता है ?

न युक्तं दर्शनं गत्वा कालस्यानियमाद्गतौ।
प्रतिबुद्धश्च वै सर्वस्तस्मिन्देशे न विद्यते ।।34।।

दूरदेशस्थ पदार्थों का दर्शन वहाँ जाकर तो स्वप्न में नहीं हो सकता। क्योंकि देशान्तरगमन का जाग्रत् अवस्था का कालव्यय का नियम स्वप्न में तो लागू नहीं हो सकता।

मित्राद्यैः सह सम्मन्त्र्य सम्बुद्धो न प्रपद्यते ।
गृहीतं चापि यत्किञ्चित्प्रतिबुद्धो न पश्यति ।।35।।

स्वप्न में मित्रों के साथ गोष्ठी करके जागने पर मनुष्य कुछ भी नहीं देख पाता । स्वप्न में जो कुछ पकड़ा हो, उसे जाग्रत् में मनुष्य प्राप्त नहीं कर सकता ।

स्वप्ने चावस्तुकः कायः पृथगन्यस्य दर्शनात् ।
यथा कायस्तथा सर्वं चित्तदृश्यमवस्तुकम् ।।36।।

स्वप्न में देखी गई काया असत्य है, क्योंकि वह अपनी मूल काया से अलग ही है । जिस तरह काया है, उसी तरह सब चित्त में देखा गया भी असत्य ही है ।

ग्रहणाज्जागरितवत्तद्धेतुः स्वप्न इष्यते ।
तद्धेतुत्वात्तु तस्यैव सज्जागरितमिष्यते ।।37।।

स्वप्न में पदार्थग्रहण तो जाग्रत् जैसा ही होने से जाग्रत् ही स्वप्न का कारण माना जाता है और इसी प्रकार वह स्वप्न तो केवल तुम्हारा अपना ही होने से, उस स्वप्न का कारण जाग्रत् भी केवल तुम्हारा अपना ही है । दूसरों का उससे कोई लेना-देना नहीं ।

उत्पादस्याप्रसिद्धत्वादजं सर्वमुदाहृतम् ।
न च भूतादभूतस्य सम्भवोऽस्ति कथञ्चन ।।38।।

उत्पत्ति तो सिद्ध नहीं हो सकती, इसलिए उपनिषदों में सबको 'अज' कहा गया है । और 'सत्' पदार्थ से 'असत्' का कभी भी जन्म नहीं हो सकता ।

असज्जागरिते दृष्ट्वा स्वप्ने पश्यति तन्मयः ।
असत्स्वप्नेऽपि दृष्ट्वा च प्रतिबुद्धो न पश्यति ।।39।।

जाग्रत् अवस्था में देखे गए असत् पदार्थ को, उन पदार्थों से एकाकार हुआ मनुष्य स्वप्न में उन्हीं को देखता है और स्वप्न में उन असार पदार्थों को देखने पर भी जागता हुआ मनुष्य उन्हें नहीं देखता ।

नास्त्यसद्धेतुकमसत्सदसद्धेतुकं तथा ।
सच्च सद्धेतुकं नास्ति सद्धेतुकमसत्कुतः ।।40।।

जिस प्रकार 'असत्' वस्तु असत् कारणवाली नहीं होती (जो है ही नहीं, उसका कोई कारण नहीं होता) उसी प्रकार विद्यमान पदार्थ का कारण कोई अविद्यमान वस्तु भी तो नहीं हो सकती । इसी प्रकार विद्यमान पदार्थ किसी दूसरे विद्यमान पदार्थ से भी उत्पन्न नहीं हो सकता । इसलिए कोई असत् पदार्थ किसी 'सत्' पदार्थ से कैसे उत्पन्न हो सकता है ?

विपर्यासाद्यथा जाग्रदचिन्त्यान्भूतवत्स्पृशेत् ।
तथा स्वप्ने विपर्यासाद्धर्मांस्तत्रैव पश्यति ।।41।।

जैसे मनुष्य भ्रमवश होकर जाग्रत् अवस्था में अवास्तविक पदार्थों में भी वास्तविकता मानकर व्यवहार करता है, उसी प्रकार स्वप्न में भी भ्रमवश होकर असत् पदार्थों में भी सत् का-सा व्यवहार करता है ।

उपलम्भात्समाचारादस्तिवस्तुत्ववादिनाम् ।
जातिस्तु देशिता बुद्धैरजातेस्त्रसतां सदा ।।42।।

जो लोग अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर अथवा प्रवर्तमान वर्णाश्रमादि के आधार पर बाहर की वस्तुओं की वास्तविकता को मानते हैं और जो अजाति(अजात)वाद से त्रस्त हो रहे हैं, उनके लिए ही ज्ञानियों ने जाति का बोध दिया है ।

अजातेस्त्रसतां तेषामुपलम्भाद्विभ्यन्ति ये ।
जातिदोषा न सेत्स्यन्ति दोषोऽप्यल्पो भविष्यति ।।43।।

अजातवाद का सामना करने में डरनेवाले द्वैती लोग अद्वैतियों का विरोध करते हैं, क्योंकि वे सब जगह पर द्वैत ही देखते हैं । ऐसे लोग द्वैतमूलक उपासनाएँ करते हैं । उन्हें जाति मानने के दोष नहीं लगेंगे और यदि लगेगा तो भी थोड़ा ही लगेगा ।

उपलम्भात्समाचारान्मायाहस्ती यथोच्यते ।
उपलम्भात्समाचारादस्ति वस्तु तथोच्यते ।।44।।

व्यक्तिगत अनुभव और उससे मेल खाती हुई धारणा से ऐन्द्रजालिक हाथी सही मान लिया जाता है, इसी प्रकार वे लोग जो देखते हैं और उनकी धारणा के अनुकूल यदि वह हो तो उसे सत्य मान लेते हैं ।

जात्याभासं जलाभासं वस्त्वाभासं तथैव च ।
अजाचलमवस्तुत्वं विज्ञानं शान्तमद्वयम् ।।45।।

जो कुछ जन्मता-सा भासित होता है, चलता-सा भासता है, अस्तित्ववाला दिखाई देता है, वह वास्तव में जन्मरहित, अचल, शान्त, अद्वैत, विज्ञान ही है ।

एवं न जायते चित्तमेवं धर्मा अजाः स्मृताः ।
एवमेव विजानन्तो न पतन्ति विपर्यये ।।46।।

इस प्रकार चित्त उत्पन्न नहीं होता । ऐसे ही आत्मा 'अज' कहा गया है । इस प्रकार जाननेवाले लोग विपर्यय (भ्रम) में कभी नहीं फँसते हैं ।

ऋजुवक्रादिकाभासमलातं स्पन्दितं यथा ।
ग्रहणग्राहकाभासं विज्ञानस्पन्दितं तथा ।।47।।

जिस प्रकार जलती लकड़ी की ही गति कभी सीधी, कभी वक्र और कभी किसी और आकारवाली दीखती है, उसी प्रकार एक विज्ञान का ही स्फुरण ग्रहण एवं ग्राहक के रूप में प्रतीत होता है ।

अस्पन्दमानमलातमनाभासमजं यथा ।
अस्पन्दमानं विज्ञानमनाभासमजं तथा ।।48।।

जिस तरह चेष्टारहित जलती लकड़ी ऋजु (और वक्र) आदि आभास से रहित और 'अज' है, उसी प्रकार स्पन्दनरहित विज्ञानस्वरूप आत्मा भी ग्रहण-ग्राहकभावरूप आभासहीन और जन्मरहित ही है ।

अलाते स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतो भुवः ।
न ततोऽन्यत्र निःस्पन्दान्नालातं प्रविशन्ति ते ।।49।।

जलती हुई लकड़ी के स्पन्दनकाल में ऋजु (और वक्र) आदि आभास कहीं अन्यत्र से बनकर तो नहीं आते और उसका स्पन्दन बन्द हो जाने पर वहाँ से किसी दूसरे स्थान पर चले भी नहीं जाते और उसमें भी प्रविष्ट नहीं हो जाते।

न निर्गता अलातात्ते द्रव्यत्वाभावयोगतः ।
विज्ञानेऽपि तथैव स्युराभासस्याविशेषतः ।।50।।

वे सीधे (बाँके) आभास तो द्रव्य नहीं हैं—उनमें द्रव्यत्व का अभाव ही मौजूद है। इसलिए वे उस जलती हुई लकड़ी से तो नहीं निकल सकते। इसी प्रकार विज्ञान में भी ऐसी ही परिस्थिति है, क्योंकि आभास तो इन दोनों ही स्थलों में समान ही हैं।

विज्ञाने स्पन्दमाने वै नाभासा अन्यतो भुवः ।
न ततोऽन्यत्र निःस्पन्दान्न विज्ञानं विशन्ति ते ।।51।।

जब विज्ञान का स्फुरण होता है तब यह जगत् और उसके व्यवहार दीख पड़ते हैं। उनका अन्य कोई कारण नहीं है। यदि विज्ञान स्पन्दित नहीं होता, तब तो उन व्यवहारों का कोई आधार ही नहीं है और उनका उस विज्ञान में लय भी नहीं होता।

न निर्गतास्ते विज्ञानाद्द्रव्यत्वाभावयोगतः ।
कार्यकारणताभावाद्यतोऽचिन्त्याः सदैव ते ।।52।।

उन आभासों में द्रव्यत्व नहीं होने से वे विज्ञान में से निकल नहीं सकते। क्योंकि उन दोनों में कार्य-कारणता का कोई सम्बन्ध नहीं है। इसलिए ये आभास अचिन्त्य (अनिर्वचनीय) ही हैं।

द्रव्यं द्रव्यस्य हेतुः स्यादन्यदन्यस्य चैव हि ।
द्रव्यत्वमन्यभावो वा धर्माणां नोपपद्यते ।।53।।

द्रव्य का कारण द्रव्य अर्थात् पदार्थ का कारण पदार्थ ही होता है और वह भी एक पदार्थ का कारण अन्य पदार्थ ही हो सकता है। परन्तु जीवात्मा में तो द्रव्यत्व नहीं होता और द्रव्यत्वभिन्न कोई दूसरा भाव भी तो नहीं होता।

एवं न चित्तजा धर्माश्चित्तं वापि न धर्मजम् ।
एवं हेतुफलाजातिं प्रविशन्ति मनीषिणः ।।54।।

इस प्रकार विषय चित्त में से उत्पन्न नहीं होते और चित्त भी विषयों में से प्रकट नहीं होता। इसलिए ज्ञानी पुरुष हेतु और फल की अनुत्पत्ति (कार्य-कारण सम्बन्ध का अभाव) ही मानते हैं।

यावद्धेतुफलावेशस्तावद्धेतुफलोद्भवः ।
क्षीणे हेतुफलावेशे नास्ति हेतुफलोद्भवः ।।55।।

जहाँ तक कार्य-कारण सम्बन्ध माना जाता है, वहाँ तक वह कार्य-कारण सम्बन्ध दिखलाई पड़ेगा, परन्तु कार्य-कारणभाव के क्षीण होते ही वह कार्य-कारण नहीं रहेगा।

यावद्धेतुफलावेशः संसारस्तावदायतः ।
क्षीणे हेतुफलावेशे संसारं न प्रपद्यते ।।56।।

जहाँ तक कार्य-कारण सम्बन्ध का भाव रहता है, वहाँ तक यह संसारबन्धन (दुःखादि बन्धन) रहता है, पर कार्य-कारण भाव के क्षीण होने से मनुष्य संसार में नहीं आता।

संवृत्या जायते सर्वं शाश्वतं नास्ति तेन वै ।
सद्भावेन ह्यजं सर्वमुच्छेदस्तेन नास्ति वै ।।57।।

वैश्विक अज्ञान से ही सब उत्पन्न होता है, कुछ भी शाश्वत नहीं है। पारमार्थिक दृष्टि से देखने पर सब कुछ जन्मरहित है। इसका नाश नहीं हो सकता।

धर्मा य इति जायन्ते जायन्ते ते न तत्त्वतः ।
जन्म मायोपमं तेषां सा च माया न विद्यते ।।58।।

जो पदार्थ उत्पन्न हुए कहे जाते हैं, वे वास्तव में उत्पन्न होते ही नहीं। उनकी उत्पत्ति तो ऐन्द्रजालिक है और वह इन्द्रजाल (नजरबन्दी) भी तो वास्तविक नहीं है।

यथा मायामयाद्बीजाज्जायते तन्मयोऽङ्कुरः ।
नासौ नित्यो न चोच्छेदी तद्वद्धर्मेषु योजना ।।59।।

जैसे मायारूप बीज में से तद्रूप ही अंकुर उत्पन्न होता है। (माया जादूगरनी है अतः उससे उत्पन्न होनेवाला अंकुर भी तो जादूगर अर्थात् मायामय ही होगा न ?) वह नित्य भी नहीं होता और नाशशील भी नहीं होता। उसी प्रकार पदार्थों के विषय में भी समझ लेना चाहिए।

नाजेषु सर्वधर्मेषु शाश्वताशाश्वताभिधा ।
यत्र वर्णा न वर्तन्ते विवेकस्तत्र नोच्यते ।।60।।

जन्मरहित ही सभी धर्मों में (जीवात्माओं में) नित्य या अनित्य जैसी संज्ञा का कोई स्थान नहीं है। यहाँ वाणी की प्रवृत्ति काम नहीं करती है, वहाँ (अनिर्वचनीयता के कारण) निर्णय नहीं हो सकता।

यथा स्वप्ने द्वयाभासं चित्तं चलति माययाः ।
तथा जाग्रद्द्वयाभासं चित्तं चलति माययाः ।।61।।

जिस प्रकार स्वप्नावस्था में द्वैत का आभास माया के द्वारा चित्त का स्फुरण कराता है, उसी प्रकार जाग्रत् में भी द्वैत का आभास माया से ही चित्त को प्रवृत्त करता है।

अद्वयं च द्वयाभासं चित्तं स्वप्ने न संशयः ।
अद्वयं च द्वयाभासं तथा जाग्रन्न संशयः ।।62।।

यह तो निर्विवाद सत्य है कि स्वप्न में अद्वय चित्त ही द्वयाभास (द्वैताभासयुक्त) होता है। उसी प्रकार जाग्रत् में भी स्व-रूप से अद्वय अन्तःकरण ही द्वैताकार रूप से भासित होता है।

स्वप्नदृक्प्रचरन्स्वप्ने दिक्षु वै दशसु स्थितान् ।
अण्डजान्स्वेदजान्वापि जीवान्पश्यति यान्सदा ।।63।।

स्वप्नद्रष्टा जीव मानो दसों दिशाओं में घूमता हुआ अण्डज, स्वेदज आदि जीवों को सदैव देखता रहता है।

स्वप्नदृक्चित्तदृश्यास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक् ।
तथा तद्दृश्यमेवेदं स्वप्नदृक्चित्तमिष्यत ।।64।।

मनुष्य जो कुछ भी वस्तु स्वप्न में देखता है, वह चित्त के ही दृश्य हैं—चित्त से भिन्न उनका कोई अस्तित्व नहीं है। तो जैसा वह दृश्य (मिथ्या) है वैसे ही उस दृश्य को देखनेवाला चित्त भी वैसा (मिथ्या) ही है।

चरञ्जागरिते जाग्रद्दिक्षु वै दशसु स्थितान्।
अण्डजान्स्वेदजान्वापि जीवान्पश्यति यान्सदा ।।65।।

इसी प्रकार जाग्रदवस्था में जागता मनुष्य दसों दिशाओं में घूमता हुआ, अण्डज, स्वेदज आदि जीवों को सदैव देखता रहता है।

जाग्रच्चित्तेक्षणीयास्ते न विद्यन्ते ततः पृथक्।
तथा तद्दृश्यमेवेदं जाग्रतश्चित्तमिष्यते ।।66।।

ये सब भी जाग्रत् चित्त के द्वारा ही देखने में आते हैं, जाग्रत् चित्त से उनका अस्तित्व अलग नहीं है। अतः जाग्रत् आदि का चित्त ही उस दृश्यरूप में माना गया है।

उभे ह्यन्योऽन्यदृश्ये ते किं तदस्तीति नोच्यते।
लक्षणाशून्यमुभयं तन्मतेनैव गृह्यते ।।67।।

जीव और चित्त—दोनों एक-दूसरे के दृश्य हैं। वह क्या है, यह कहा नहीं जा सकता। दोनों ही प्रमाणहीन हैं। केवल मानने के लिए (मन की कल्पना से) ही वह ग्रहण किया जाता है।

यथा स्वप्नमयो जीवो जायते म्रियतेऽपि च।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च ।।68।।

जैसे स्वप्न में किसी को जन्मते हुए और किसी को मरते हुए देखा जाता है वैसे ही ये सब जीव होते भी हैं और नहीं भी होते।

यथा मायामयो जीवो जायते म्रियतेऽपि च।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च ।।69।।

जिस प्रकार यह जादू जैसा जीव जन्मता भी है और मरता भी है, वैसे ही ये सभी जीव होते भी हैं और नहीं भी होते।

यथा निर्मितको जीवो जायते म्रियतेऽपि वा।
तथा जीवा अमी सर्वे भवन्ति न भवन्ति च ।।70।।

जिस प्रकार यह निर्मित (कल्पित) जीव जन्मता भी है और मरता भी है, उसी प्रकार ये सभी जीव होते भी हैं और नहीं भी होते।

न कश्चिज्जायते जीवः सम्भवोऽस्य न विद्यते।
एतत्तदुत्तमं सत्यं यत्र किञ्चिन्न जायते ।।71।।

कोई जीव जन्मता नहीं है। इस जीव की कभी उत्पत्ति होती ही नहीं। यही उत्तम (पारमार्थिक) सत्य है कि यहाँ कुछ भी जन्म नहीं लेता (कारिका 3.48)।

चित्तस्पन्दितमेवेदं ग्राह्यग्राहकवद्द्वयम्।
चित्तं निर्विषयं नित्यमसङ्गं तेन कीर्तितम् ।।72।।

चित्त का स्पन्दन ही ग्राह्य-ग्राहकभाव रूप द्वैतभाव है। चित्त तो पारमार्थिक रूप से निर्विषय ही है। इसीलिए तो उसे नित्य और असंग कहा जाता है।

योऽस्ति कल्पितसंवृत्या परमार्थेन नास्त्यसौ।
परतन्त्राभिसंवृत्या स्यान्नास्ति परमार्थतः ।।73।।

जो वस्तु लौकिक व्यवहार के लिए (उपयोग के लिए) मन में कल्पित है, वह पारमार्थिक रूप से तो है ही नहीं। यदि अन्य शास्त्रों (द्वैतशास्त्रों) के लिए वह भले ही उपयोगी हो, पर पारमार्थिक रूप में वह नहीं है।

अजः कल्पितसंवृत्या परमार्थेन नाप्यजः।
परतन्त्राभिनिष्पत्त्या संवृत्या जायते तु सः ।।74।।

आत्मा भी कल्पित भौतिक दृष्टि से 'अज' कहा गया है, वास्तविक रूप से तो उसे 'अज' भी नहीं कहा जा सकता। अन्य द्वैतवादी शास्त्रों के अनुसार अज्ञान से ही वह उत्पन्न हुआ-सा होता है।

अभूताभिनिवेशोऽस्ति द्वयं तत्र न विद्यते।
द्वयाभावं स बुद्ध्वैव निर्निमित्तो न जायते ।।75।।

मनुष्य को अभूत (असत्य) में अभिनिवेश है, अर्थात् सत्य मानने का भ्रम हो गया है, सचमुच वहाँ द्वैत नहीं होता। जीवात्मा वास्तविक रूप में द्वैत के अभाव को जानकर ही धर्माधर्मादि निमित्त से रहित होकर फिर से यहाँ उत्पन्न नहीं होता।

यदा न लभते हेतूनुत्तमाधममध्यमान्।
तदा न जायते चित्तं हेत्वभावे फलं कुतः ।।76।।

जब उत्तम, मध्यम या कनिष्ठ हेतुओं के (कारणों के) निमित्त की कोई गुंजाइश ही न हो, तब मनुष्य जन्म नहीं लेता। क्योंकि जब कारण ही नहीं है तो फल (कार्य) कैसे बन सकेगा ?

अनिमित्तस्य चित्तस्य याऽनुत्पत्तिः समाऽद्वया।
अजातस्यैव सर्वस्य चित्तदृश्यं हि तद्यतः ।।77।।

निमित्तरहित चित्त की जन्मरहितता समान और अद्वैत होती है। सभी जन्मरहित पदार्थों का ऐसा ही है। क्योंकि वह सब चित्त के ही दृश्य हैं।

बुद्ध्वाऽनिमित्ततां सत्यां हेतुं पृथगनाप्नुवन्।
वीतशोकं तथाकाममयं पदमश्नुते ।।78।।

सब पदार्थों की पारमार्थिक (सत्य) नियमरहितता को पहचान कर उसके किसी भी कारण को नहीं मानता हुआ मनुष्य शोकरहित, कामरहित होकर अभयपद को प्राप्त कर लेता है।

अभूताभिनिवेशाद्धि सदृशे तत्प्रवर्तते।
वस्त्वभावं स बुद्ध्वैव निःसङ्गं विनिवर्तते ।।79।।

यह चित्त अभूत (असत् = द्वैत) के अभिनिवेश (आसक्ति) से डूब गया हो, तब तो वह चित्त उसी द्वैत में (भ्रम में) प्रवर्तमान होता रहेगा। परन्तु मनुष्य जब उसमें पारमार्थिकता का अभाव जान लेगा, तब आसक्तिरहित होकर एकदम उससे अलग हो जाएगा।

निवृत्तस्याप्रवृत्तस्य निश्चला हि तदा स्थितिः ।
विषयः स हि बुद्धानां तत्साम्यमजमद्वयम् ।।80।।

इस प्रकार विषयों से निवृत्त होकर, प्रवृत्तिभाव की मनःस्थिति को छोड़कर रहनेवाले मनुष्य की स्थिति निश्चल होती है और वही स्थिति ज्ञानियों का विषय होती है। वह जन्मरहित, समरस और अव्यय है।

अजमनिद्रमस्वप्नं प्रभातं भवति स्वयम् ।
सकृद्विभातो ह्येवैष धर्मो धातुस्वभावतः ।।81।।

यह आत्मा जन्मरहित, स्वप्नरहित, निद्रारहित और स्वयंप्रकाश है। यह धर्म (आत्मा) अपने मूल स्वभाव से ही सर्वदा प्रकाशवान रहता है।

सुखमाव्रियते नित्यं दुःखं विव्रियते सदा ।
यस्य कस्य च धर्मस्य ग्रहेण भगवानसौ ।।82।।

यदि तुम किसी और वस्तु को चाहना शुरू करो तो वह चिरकाल तक आत्मा को आवृत ही करती रहेगी। पर अगर तुम आत्मा को देखना चाहते हो तो तुम्हें बहुत परिश्रम करना पड़ेगा। ("यस्य कस्यचन धर्मस्य ग्रहेण असौ भगवान् सदा सुखम् आव्रियते, दुःखं विव्रियते" अर्थात् जिस किसी धर्म के ग्रहण से यह भगवान सरलता से छिपाया जाता है और मुश्किल से प्रकट किया जा सकता है)।

अस्ति नास्त्यस्ति नास्तीति नास्ति नास्तीति वा पुनः ।
चलस्थिरोभयाभावैरावृणोत्येव बालिशः ।।83।।



'है' (वैशेषिक), 'नहीं है' (योगाचार), 'है भी और नहीं भी' (जैन), 'नहीं है, नहीं है' (शून्यवादी बौद्ध)—इस प्रकार आत्मा के विषय में चल, स्थिर या उभय भावों से कल्पना करके मूढ लोग आत्मा को ढँक ही देते हैं।

कोट्यश्चतस्र एतास्तु ग्रहैर्यासां सदावृतः ।
भगवानाभिरस्पृष्टो येन दृष्टः स सर्वदृक् ।।84।।

ऊपर की बालिशों की चार कोटियों से आवृत इस भगवान् को जिसने कोटियों से मुक्त स्वरूप में देख लिया है, वह सर्वद्रष्टा है।

प्राप्य सर्वज्ञतां कृत्स्नां ब्राह्मण्यं पदमद्वयम् ।
अनापन्नादिमध्यान्तं किमतः परमीहते ।।85।।

संपूर्ण सर्वज्ञानस्वरूप परम अद्वैत, आदि-मध्य-अन्तरहित ब्रह्मपद की जब प्राप्ति हो गई तब इससे और अधिक क्या हो सकता है ?

विप्राणां विनयो ह्येष शमः प्राकृत उच्यते ।
दमः प्रकृतिदान्तत्वादेवं विद्वाञ्शमं व्रजेत् ।।86।।

वह परमपदस्थिति विप्रों का विनय है, वही उनका सहज 'शम' है। उनकी सहज जितेन्द्रियता ही उनका 'दम' है। इस प्रकार ज्ञानी शम (शान्ति) को प्राप्त करे।

सवस्तु सोपलम्भं च द्वयं लौकिकमिष्यते ।
अवस्तु सोपलम्भं च शुद्धं लौकिकमिष्यते ।।87।।

वस्तु का होना और उसका ग्रहण होना—ये दो भौतिक वास्तविकता जाग्रदवस्था कहलाती है, और वस्तु के न होने पर भी उसका ग्रहण हो, तो ये दो बातें शुद्ध लौकिक (स्वप्न) कहलाती हैं।

अवस्त्वनुपलम्भं च लोकोत्तरमिति स्मृतम् ।
ज्ञानं ज्ञेयं च विज्ञेयं सदा बुद्धैः प्रकीर्तितम् ।।88।।

जहाँ पदार्थ का अस्तित्व ही नहीं होता और उसकी उपलब्धि भी नहीं होती, ऐसी अवस्था को 'लोकोत्तर' (भौतिक जगत् के परे की) सुषुप्ति अवस्था कहा गया है। ज्ञानी लोगों ने (तीनों अवस्थाओं को परखकर) जो सदैव ज्ञान, ज्ञेय और विशेषज्ञेय है (जो तुरीय है) उसकी प्रसिद्धि की है।

ज्ञाने च त्रिविधे ज्ञेये क्रमेण विदिते स्वयम् ।
सर्वज्ञता हि सर्वत्र भवतीह महाधियः ।।89।।

जब भौतिक ज्ञान और तीनों अवस्थाओं का ज्ञान मनुष्य को हो जाता है, तब वह बुद्धिमान् व्यक्ति इसी जन्म में सभी विषयों में सर्वज्ञता प्राप्त कर लेता है।

हेयज्ञेयाप्यपाक्यानि विज्ञेयान्यग्रयाणतः ।
तेषामन्यत्र विज्ञेयादुपलम्भस्त्रिषु स्मृतः ।।90।।

जाग्रदादि अवस्थारूप त्याज्य, आत्मरूप ज्ञेय, पाण्डित्यादि रूप प्राप्य और मल आदि पाक्य (पकाकर नाश किए जाने वाले)—इन सबको सबसे पहले जान लेना चाहिए। परन्तु विज्ञेय (आत्मा) के सिवा बाकी के तीनों में जो ग्रहण होता है, वह तो उपलम्भ (मिथ्या = दिखावे मात्र का अस्तित्व) ही होता है।

प्रकृत्याकाशवज्ज्ञेयाः सर्वे धर्मा अनादयः ।
विद्यते न हि नानात्वं तेषां क्वचन किञ्चन ।।91।।

सभी आत्मा (जीवात्मा) आकाश जैसा ही निर्लेप है और सभी अनादि (अजन्मा) ही है। उनमें नानात्वं (भिन्नता) नहीं है अर्थात् कहीं भी किसी भी प्रकार का भेद नहीं है।

आदिबुद्धाः प्रकृत्यैव सर्वे धर्माः सुनिश्चिताः ।
यस्यैवं भवति क्षान्तिः सोऽमृतत्वाय कल्पते ।।92।।

सभी आत्मा स्वरूप से ही पूर्णज्ञानरूप हैं, यह निश्चित किया गया है। जो साधक निश्चित रूप से यह जान लेता है, वह अमरत्व (मोक्ष) को प्राप्त कर लेता है।

आदिशान्ता ह्यनुत्पन्नाः प्रकृत्यैव सुनिर्वृताः ।
सर्वे धर्माः समाभिन्ना अजं साम्यं विशारदम् ।।93।।

सभी जीवात्मा पहले से ही नित्य, निरन्तर, शान्त, जन्मरहित, स्वभाव से ही वृत्तिरहित, समान, अभिन्न और अज-साम्य (विशुद्ध आत्मतत्त्व) ही हैं।

वैशारद्यं तु वै नास्ति भेदे विचरतां सदा ।
भेदनिम्नाः पृथग्वादास्तस्मात्ते कृपणाः स्मृताः ।।94।।

सर्वदा भेदभाव में ही रममाण लोगों को किसी काल में विशुद्धि प्राप्त नहीं होती। भेदवादी लोग भिन्नता की ओर ही जाया करते हैं, इसलिए वे कृपण कहे जाते हैं।

अजे साम्ये तु ये केचिद्धविष्यन्ति सुनिश्चिताः।
ते हि लोके महाज्ञानास्तच्च लोको न गाहते ।।95।।

यदि कोई मनुष्य उस जन्मरहित साम्य में दृढ निश्चयवाले होंगे, तो वे ही इस जगत् में बड़े ज्ञानी माने जाएँगे। क्योंकि इस आत्मज्ञान में सामान्य लोगों की बुद्धि तो चलती नहीं है।

अजेष्वजमसङ्क्रान्तं धर्मेषु ज्ञानमिष्यते।
यतो न क्रमते ज्ञानमसङ्गं तेन कीर्तितम् ।।96।।

जन्मरहित जीवात्माओं में जन्मरहित (अनादि) ज्ञान का उचित मेल बैठता है (ऐसा ज्ञान असंक्रान्त = अमिश्रित = विशुद्ध ही है)। क्योंकि ऐसा ज्ञान अन्यत्र कहीं प्रवर्तमान नहीं होता। इसीलिए उसे असंग कहा गया है।

अणुमात्रेऽपि वैधर्म्ये जायमाने विपश्चितः।
असङ्गता सदा नास्ति किमुतावरणच्युतिः ।।97।।

द्वैतमतानुसार आत्मा में यदि लेशमात्र भी वैधर्म्य (परिवर्तन) हो, तो वहाँ आत्मा की असंगता का मेल नहीं बैठेगा। और जब आत्मा असंग नहीं रहा, तब तो माया के आवरण को हटाने की बात ही कहाँ रही ?

अलब्धावरणाः सर्वे धर्माः प्रकृतिनिर्मलाः।
आदौ बुद्धास्तथा मुक्ता बुध्यन्त इति नायकाः ।।98।।

सभी जीवात्मा आवरणहीन तथा स्वभाव से ही विशुद्ध हैं। सदैव वे ज्ञानस्वरूप हैं, सदैव वे मुक्त ही हैं। ज्ञानी लोग कहते हैं कि उन्हें जाना जा सकता है।

क्रमते न हि बुद्धस्य ज्ञानं धर्मेषु तायिनः।
सर्वे धर्मास्तथा ज्ञानं नैतद्बुद्धेन भाषितम् ।।99।।

परमार्थदर्शी ज्ञानी का ज्ञान कभी किसी भी जीवात्मा में (जीवात्माओं में) संक्रान्त नहीं होता और सभी जीवात्मा और ज्ञान तो नित्य है (तायिनः = नित्याः)। बुद्ध ने इस नित्यता की बात नहीं कही है।

दुर्दर्शमतिगम्भीरमजं साम्यं विशारदम्।
बुद्ध्वा पदमनानात्वं नमस्कुर्मो यथाबलम् ।।100।।

यह परमार्थतत्त्व बड़ा दुर्विज्ञेय है, बड़ा गहन है, जन्म (आदि) रहित है, सर्वत्र समरस है, परमशुद्ध है; ऐसे अद्वैत पद को जानकर हम उसे यथाशक्ति नमस्कार करते हैं।

अलातशान्ति-प्रकरण समाप्त।

माण्डूक्यकारिका सहित माण्डूक्योपनिषद् यहाँ समाप्त होती है।

❋

(7) तैत्तिरीयोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यजुर्वेद सामान्यतया वैदिक विधियों का सन्दर्भ-ग्रन्थ माना जाता है। यजुर्वेद की दो शाखाएँ हैं—कृष्णयजुर्वेद और शुक्लयजुर्वेद। कृष्णयजुर्वेद को तैत्तिरीय भी कहा जाता है। अन्य वेदों की तरह इस शाखा के भी ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद् ग्रन्थ हैं। इस वेद के आरण्यक के 7 से 9 प्रकरणों में यह उपनिषद् समायी है। और इसका दसवाँ प्रकरण सुप्रसिद्ध महानारायणोपनिषद् (याज्ञिकी उपनिषद्) है। तैत्तरीयोपनिषद् में गृहीत तीन प्रकरणों का नाम (1) शीक्षावल्ली, (2) ब्रह्मानन्दवल्ली और (3) भृगुवल्ली है।

शीक्षावल्ली में बारह अनुवाक (उपविभाग) हैं, ब्रह्मानन्दवल्ली में उन्नीस अनुवाक हैं और भृगुवल्ली में दस अनुवाक हैं। कुल एकतालीस अनुवाक हैं और प्रत्येक अनुवाक में कुछ गद्य-कण्डिकाएँ होती हैं।

'तैत्तिरीय' नाम के पीछे एक किंवदन्ती है कि—एक बार याज्ञवल्क्य ने अपने गुरु वैशम्पायन का कुछ अपराध किया। यों तो याज्ञवल्क्य बड़े बुद्धिमान मेधावी युवा छात्र थे पर अभिमानवश उनसे कुछ अपराध हो गया और गुरु ने क्रुद्ध होकर कहा—"मेरा दिया सब ज्ञान मुझे वापिस दे दो।" याज्ञवल्क्य ने वमन करके गुरु से लिया हुआ ज्ञान वापिस कर दिया। पर वह ज्ञान पवित्र, मूल्यवान और गूढ था, वह व्यर्थ नहीं जाना चाहिए, इसलिए वैशम्पायन ने अपने शिष्यों को उसे निगल जाने को कहा। शिष्यों ने तित्तर का रूप धारण कर उसे निगल लिया। इस किंवदन्ती का तात्पर्य यह है कि ज्ञान हमेशा आत्मस्वरूप होने से विशुद्ध ही है। ज्ञान की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। किसी भी उपाय से उसका रक्षण करना चाहिए।

तैत्तिरीय उपनिषद् कृष्णयजुर्वेद से सम्बद्ध है और कृष्ण का अर्थ तो काला या अशुद्ध होता है, पर बात यह है कि ज्ञान कभी अशुद्ध नहीं होता। ज्ञान का अधिष्ठान (आश्रय) काला हो सकता है। यहाँ तित्तरों ने जिस वमन किए हुए ज्ञान को निगलकर बाद में अन्यों को दिया, उसे वैशम्पायन ने 'कृष्ण' (मैला-काला) कहा, क्योंकि शिष्य स्वयं अशुद्ध थे। फिर भी याज्ञवल्क्य उनमें अपवाद थे। वेदों के ज्ञान के लिए उन्होंने सूर्योपासना की और सूर्य की तरह प्रकाशित हो उठे। फिर सूर्य की कृपा से उन्होंने जो ज्ञान प्राप्त किया वही 'शुक्ल' (शुद्ध) कहा गया।

पहली शीक्षावल्ली उच्चारण (शुद्ध उच्चारण) विषयक है। योग्य उच्चारण नहीं करने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है। कण्ठोपकण्ठ से जतन किए गए वेद साहित्य में शुद्ध उच्चारण का बड़ा महत्त्व था। आज तक मंत्रोच्चारण में वह परंपरा चालू रही है। साथ-ही-साथ यह वल्ली प्रार्थना या उपासना की विधि भी बताती है। उपासक के हाथ-पैर-आँखें आदि के स्थान

तथा विधि भी दी गई। उपासना का फल भी तत्तत् स्थान पर बताया गया है। शरीर - मन के संयम पर जोर दिया गया है।

इस शीक्षावल्ली में ओम् को ब्रह्म का प्रतीक मानकर उसे सबमें ओत-प्रोत माना है। अन्य उपासनाएँ, शिष्योपदेश, मोक्षमीमांसा आदि अनेक विषय हैं।

दूसरी ब्रह्मानन्दवल्ली में पाँच कोशों का वर्णन किया गया है। सब कोशों की महिमा भी बताई गई है। ब्रह्म को सत् और असत् मानने वालों का भेद भी दिखाया गया है। ब्रह्म और ब्रह्मवेत्ता का वर्णन किया गया है। ब्रह्मानन्द प्राप्त करने वालों की अभय प्राप्ति का वर्णन किया गया है।

तीसरी भृगुवल्ली है। इसमें भृगु को उसके पिता द्वारा दिए गए ब्रह्मोपदेश का वर्णन है। भृगु अपने पिता के पास बार-बार जाकर क्रमशः ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करते हैं—प्राण, मन, विज्ञान, आनन्द और अन्त में अपार ब्रह्म पर जाकर भृगु की ज्ञानयात्रा स्थिर होती है। किस-किस रूप की उपासना से किस-किस प्रकार का फल मिलता है, वह भी बताया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं नो इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

नोट—इसका हिन्दी रूपान्तर अगले मन्त्र में दिया गया है।

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

नोट—इसका हिन्दी रूपान्तर आगे ब्रह्मानन्दवल्ली के शान्तिपाठ में दिया गया है।

शीक्षावल्ली (1)

प्रथमोऽनुवाकः

ॐ शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥1॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥1॥

हमारे लिए मित्र (सूर्य) सुखकर हो, वरुण हमारे लिए सुखदायी हो, हमारे लिए अर्यमा सुखकर हो, हमारे लिए इन्द्र और बृहस्पति शान्तिदायक हों। हमारे लिए बलवान कदमों वाले विष्णु सुखकर हो। ब्रह्मरूप वायु को नमस्कार, हे वायु तुमको नमस्कार ! तुम्हीं प्रत्यक्ष ब्रह्म हो, इसलिए तुम्हें ही मैं प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूँगा। तुम्हीं को मैं शास्त्रोक्त निश्चित अर्थ कहूँगा। तुम्हीं को मैं सत्य के रूप में उद्घोषित करूँगा। तुम मेरी रक्षा करो और मेरे उपदेशक की भी रक्षा करो। रक्षा करो, मेरी रक्षा करो, वक्ता की भी रक्षा करो। आध्यात्मिक, आधिभौतिक तथा आधिदैविक—तीनों प्रकार के तापों की शान्ति हो। (यहाँ प्रथम अनुवाक पूरा होता है)।

द्वितीयोऽनुवाकः

ॐ शीक्षां व्याख्यास्यामः। वर्णः स्वरः। मात्रा बलम्। साम सन्तानः। इत्युक्तः शीक्षाध्यायः ॥1॥

इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥2॥

अब हम शिक्षा की—उच्चारणशास्त्र की व्याख्या करेंगे। इसमें अकारादि वर्ण, उदात्तादि स्वर, ह्रस्वादि मात्रा, शब्दोच्चारण में आवश्यक प्राण का प्रधान रूप बल, नियमानुसार उचारण की पद्धति रूप साम तथा सन्तान (संहिता-सन्धि) आदि विषय सीखने योग्य हैं। इसे शीक्षाध्याय कहा गया है। (यहाँ दूसरा अनुवाक पूरा हुआ)।

तृतीयोऽनुवाकः

सह नौ यशः। सह नौ ब्रह्मवर्चसम्। अथातः संहिताया उपनिषदं व्याख्यास्यामः। पञ्चस्वधिकरणेषु। अधिलोकमधिज्यौतिषमधिविद्यमधिप्रजमध्यात्मम्। ता महासंहिता इत्याचक्षते। अथाधिलोकम्। पृथिवी पूर्वरूपम्। द्यौरुत्तररूपम्। आकाशः सन्धिः। वायुः सन्धानम्। इत्यधिलोकम् ॥1॥

हम दोनों को (गुरु और शिष्य को) एक साथ ही यश प्राप्त हो। और हम दोनों को एक साथ ही ब्रह्मतेज की प्राप्ति हो। (क्योंकि शास्त्राध्ययन से परिमार्जित बुद्धि वाले लोग भी परमार्थ तत्त्व को समझने में सहसा समर्थ नहीं होते, अतः) हम अब पाँच अधिकरणों में संहिता के उपनिषद् (अर्थात् संहिता—सन्धि सम्बन्धी तात्त्विक उपासना) की व्याख्या करेंगे। ये पाँच अधिकरण हैं—(1) अधिलोक, (2) अधिज्यौतिष, (3) अधिविध, (4) अधिप्रज और (5) अध्यात्म। इन पाँचों अधिकरणों को विद्वान् लोग महासंहिता कहते हैं। इन अधिकरणों में से पहले हम अधिलोक सम्बन्धी उपासना की बात करेंगे। संहिता का प्रथम वर्ण पृथिवी है, अन्तिम वर्ण द्युलोक है, सन्धिभाग आकाश है और वायु सन्धान (जोड़नेवाला) है। (अर्थात् 'अधिलोक' की उपासना करनेवाले मनुष्य को पूर्वोक्त संहिता में इस प्रकार की दृष्टि करनी चाहिए)। इस प्रकार यह 'अधिलोक का दर्शन' कहा गया।

अथाधिज्यौतिषम्। अग्निः पूर्वरूपम्। आदित्य उत्तररूपम्। आपः सन्धिः। वैद्युतः सन्धानम्। इत्यधिज्यौतिषम्।

अधिलोक की उपासना के बाद अब अधिज्यौतिष दर्शन कहा जाता है। इस उपासना में संहिता का प्रथम वर्ण अग्नि है, अन्तिम वर्ण सूर्य, सन्धिभाग जल है, विद्युत् सन्धान (जोड़नेवाला) है

(अधिज्यौतिष के उपासक को संहिता में इस प्रकार की दृष्टि रखनी चाहिए)। इस प्रकार यहाँ 'अधिज्यौतिष दर्शन' कहा गया।

अथाधिविद्यम्। आचार्यः पूर्वरूपम्। अन्तेवास्युत्तररूपम्। विद्या सन्धिः। प्रवचनꣳ सन्धानम्। इत्यधिविद्यम् ॥2॥

ज्योतिविषयक दर्शन के बाद अब विद्याविषयक दर्शन (उपासना) कहा जाता है। यहाँ इस संहिता का प्रथम वर्ण आचार्य है। अन्तिम वर्ण अन्तेवासी (शिष्य) है। दोनों के मिलन से उद्भूत विद्या ही सन्धि (जोड़नेवाली) है और प्रवचन (परिप्रश्न-उत्तर) आदि सन्धान (जोड़ने का साधन) है। इस प्रकार विद्याविषयक संहिता कही गई है।

अथाधिप्रजम्। माता पूर्वरूपम्। पितोत्तररूपम्। प्रजा सन्धिः। प्रजननꣳ सन्धानम्। इत्यधिप्रजम् ॥3॥

जब प्रजाविषयक दर्शन कहा जाता है। इस उपासनादर्शन में माता संहिता का प्रथम वर्ण है। पिता अन्तिम वर्ण है। प्रजा (सन्तति) उन दोनों को जोड़नेवाली सन्धि है। प्रजनन (शास्त्रविहित काल का स्त्रीसंभोग) सन्धान (जोड़ने का साधन) है। इस प्रकार प्रजा सम्बन्धी संहिता का रहस्य यहाँ बताया गया है।

अथाध्यात्मम्। अधरा हनुः पूर्वरूपम्। उत्तरा हनुरुत्तररूपम्। वाक् सन्धिः। जिह्वा सन्धानम्। इत्यध्यात्मम्।

इसके बाद अब इस पंचाधिकरणी संहिता के पाँचवें अध्यात्माधिकरण का (आत्मविषयक संहिता अर्थात् उसके रहस्य का) वर्णन किया जाता है—यहाँ इस संहिता में प्रथम वर्ण नीचे का जबड़ा है और अन्तिम वर्ण ऊपर का जबड़ा है। इन दोनों के मिलने से उत्पन्न हुई वाणी यहाँ सन्धि है। और जीभ वाणी की उत्पत्ति का कारण (साधन) है। इस प्रकार यहाँ अध्यात्मविषयक संहिता कही गई।

इतीमा महासꣳहिताः। य एवमेता महासꣳहिता व्याख्याता वेद। सन्धीयते प्रजया पशुभिः। ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन सुवर्ग्येण लोकेन ॥4॥

इति तृतीयोऽनुवाकः ॥3॥

इस तरह ये महासंहिताएँ कही जाती हैं। जो मनुष्य ऊपर वर्णित की गई इन महासंहिताओं की उपासना की पद्धति और रहस्य को जान लेता है और उसका अनुष्ठान करता है, वह मनुष्य प्रजा, ब्रह्मतेज, अन्नादि सम्पत्ति और स्वर्ग को प्राप्त कर लेता है। (यहाँ तीसरा अनुवाक पूरा हुआ)।

चतुर्थोऽनुवाकः

यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपः। छन्दोभ्योऽध्यमृतात्सम्बभूव। स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु। अमृतस्य देवधारणो भूयासम्। शरीरं मे विचर्षणम्। जिह्वा मे मधुमत्तमा। कर्णाभ्यां भूरि विश्रुवम्। ब्रह्मणः कोशोऽसि मेधया पिहितः। श्रुतं मे गोपाय ॥1॥

जो वेदों में सर्वश्रेष्ठ है, जो सर्वरूप है, जो वेदरूपी अमृत से उत्पन्न हुआ है, वह ओंकाररूप परमात्मा मुझे मेधा (विश्लेषक तीक्ष्ण बुद्धि) से प्रसन्न (बलिष्ठ) बना दे। हे देव! मैं अमृतत्व को (ब्रह्मज्ञान को) धारण करनेवाला हो जाऊँ। मेरा शरीर विशेष स्फूर्तिवाला हो, मेरी जिह्वा अत्यन्त

मधुरभाषिणी हो, मैं अपने कानों से बहुत सुनता रहूँ। हे ओंकार! तुम तो ब्रह्म का कोश (खजाना) हो। तुम लौकिक वुद्धि से आवृत हुए हो, इसलिए पहचाने नहीं जाते हो। मेरे द्वारा सुनी गई विद्या का तुम रक्षण करो।

आवहन्ती वितन्वाना। कुर्वाणा चीरमात्मनः। वासाꣳसि मम गावश्च। अन्नपाने च सर्वदा। ततो मे श्रियमावह। लोमशां पशुभिः सह स्वाहा। आमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। विमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। प्रमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। दमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा। शमायन्तु ब्रह्मचारिणः स्वाहा ॥2॥

हे (अग्नि के अधिष्ठाता) देव! मेरे लिए आवश्यकता पड़ने पर तुरन्त ही तरह-तरह के वस्त्र, गायें, खाद्यान्न सामग्री—ऐसी-ऐसी बहुत-सी चीजें ला देने वाली और उन्हें बढ़ानेवाली तथा बनानेवाली 'श्री' को ला दो। जो रोमवाले पशु आदि हमें प्राप्त कराएँ। इस उद्देश्य से आपको यह आहुति दी जाती है। ब्रह्मचारी (विद्यार्थी) मेरे पास आएँ, वे निष्कपट हों, वे प्रामाणिक और ज्ञानधारक हों, वे इन्द्रियों का संयम करनेवाले हों, वे मन को वश में करनेवाले हों—इन सबके लिए ये पाँच आहुतियाँ दी जाती हैं (यहाँ एक-एक उद्देश्य के लिए एक-एक आहुति है)।

यशो जनेऽसानि स्वाहा। श्रेयान् वस्यसोऽसानि स्वाहा। तं त्वा भग प्रविशानि स्वाहा। स मा भग प्रविश स्वाहा। तस्मिन् सहस्रशाखे निभगाहं त्वयि मृजे स्वाहा। यथाऽपः प्रवता यन्ति। यथा मासा अहर्जरम्। एवं मा ब्रह्मचारिणः। धातरायान्तु सर्वतः स्वाहा। प्रतिवेशोऽसि प्रमा भाहि प्रमा पद्यस्व ॥3॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः ॥4॥

मैं लोगों में यशस्वी होऊँ। मैं बहुत ही प्रशस्य और धनवान बनूँ। हे भगवन्! मैं ब्रह्मकोशरूप आप में समा जाऊँ। और हे भगवन्, तुम भी मुझमें समा जाओ। हे भगवन्, हजारों शाखावाले तुममें ध्यान के द्वारा निमग्न होकर मैं अपने आपको विशुद्ध कर लूँ। (तत्तद् उद्देश्यों से ये आहुतियाँ दी जाती हैं)। जिस प्रकार नदी आदि का समग्र जलप्रवाह निम्न स्तर पर होकर सागर से मिल जाता है, और जिस तरह दिनों को निगलने वाले महीने वर्ष में समा जाते हैं, ठीक इसी तरह हे विधाता! इसी तरह मेरे पास चारों ओर से ब्रह्मचारी आते रहें, और मैं उन्हें विद्या देता रहूँ। तुम सबके विश्रामस्थल हो। मेरे लिए तुम प्रकाशित हो। मुझे तुम प्राप्त हो जाओ। (इन सभी प्रत्येक उद्देश्य के लिए एक-एक आहुति देनी चाहिए।) (यहाँ चौथा अनुवाक पूरा हुआ।)

पञ्चमोऽनुवाकः

भूर्भुवः सुवरिति वा एतास्तिस्रो व्याहृतयः। तासामु ह स्मैतां चतुर्थीम्। महाचमस्यः प्रवेदयते। मह इति। तद्ब्रह्म। स आत्मा। अङ्गान्यन्या देवताः। भूरिति वा अयं लोकः। भुव इत्यन्तरिक्षम्। सुवरित्यसौ लोकः। मह इत्यादित्यः। आदित्येन वाव सर्वे लोका महीयन्ते ॥1॥

भूः, भुवः और सुवः—ये तीन व्याहृतियाँ तो प्रसिद्ध हैं। इन तीनों से भिन्न चौथी व्याहृति 'महः' है। उसको महाचमस के पुत्र ने सर्वप्रथम जाना था। चौथी व्याहृति ही ब्रह्म है। वह सभी व्याहृतियों

का आत्मा है। अन्य देवता उसके अंग हैं। 'भू' व्याहृति पृथ्वी लोक है, 'भुवः' व्याहृति अन्तरिक्ष है और 'सुवः' यह प्रसिद्ध स्वर्गलोक है। 'महः' सूर्य है, क्योंकि सूर्य से सब लोक वृद्धि प्राप्त करते हैं।

भूरिति वा अग्निः। भुव इति वायुः। सुवरित्यादित्यः। मह इति चन्द्रमाः। चन्द्रमसा वाव सर्वाणि ज्योतीꣳषि महीयन्ते। भूरिति वा ऋचः। भुव इति सामानि। सुवरिति यजूꣳषि ॥2॥

अथवा 'भू' व्याहृति अग्नि है, 'भुवः' व्याहृति वायु है, 'सुवः' व्याहृति सूर्य और 'महः' व्याहृति चन्द्रमा है। क्योंकि चन्द्र से ही सब ज्योतियाँ वृद्धि को प्राप्त करती हैं। अथवा तो 'भूः' व्याहृति ही ऋग्वेद है, 'भुवः' ही सामवेद है, 'सुवः' ही यजुर्वेद है।

'मह' इति ब्रह्म। ब्रह्मणा वाव सर्वे वेदा महीयन्ते। भूरिति वै प्राणः। भुव इत्यपानः। सुवरिति व्यानः। मह इत्यन्नम्। अन्नेन वाव सर्वे प्राणा महीयन्ते। ता वा एताश्चतस्रश्चतुर्धा। चतस्रश्चतस्रो व्याहृतयः। ता यो वेद। स वेद ब्रह्म। सर्वेऽस्मै देवा बलिमावहन्ति ॥3॥

इति पञ्चमोऽनुवाकः ॥5॥

यह 'महः' ब्रह्म है क्योंकि ब्रह्म से ही सब वेद वृद्धि प्राप्त करते हैं। यह 'भूः' की व्याहृति ही प्राण है, 'भुवः' यह अपान है, 'सुवः' यह व्यान है, 'महः' यह अन्न है। अन्न से ही ये सभी प्राण वृद्धि प्राप्त करते हैं (तृप्त होते हैं; अर्थात् ये तीन व्याहृतियाँ मानो प्राण ही हैं और महः = अन्न चौथी व्याहृति है)। ये चार व्याहृतियाँ चार-चार प्रकार (कुल सोलह प्रकार) की हैं। जो उन्हें तत्त्वतः जानता है, वह ब्रह्म को जानता है। ऐसे ब्रह्मवेत्ता को सभी देव बलि (भेंट) उपहार देते हैं। (यहाँ पाँचवाँ अनुवाद पूरा हुआ।)

षष्ठोऽनुवाकः

स य एषोऽन्तर्हृदय आकाशः। तस्मिन्नयं पुरुषो मनोमयः। अमृतो हिरण्मयः। अन्तरेण तालुके। य एष स्तन इवावलम्बते। सेन्द्रयोनिः। यत्रासौ केशान्तो विवर्तते। व्यपोह्य शीर्षकपाले। भूरित्यग्नौ प्रतितिष्ठति। भुव इति वायौ ॥1॥

इस हृदय में पूर्वोक्त जो यह आकाश है, उसमें यह विशुद्ध प्रकाशमय अविनाशी मनोमय पुरुष रहता है। दोनों तालुओं के बीच जो यह स्तन जैसा लटक रहा है, इसके भी भीतर जहाँ यह बालों का मूल स्थान (ब्रह्मरन्ध्र) स्थित है, वहाँ मस्तक के दोनों कपालों को भेद कर जो सुषुम्णा नाम की नाड़ी निकली है, वह इन्द्रयोनि (परमात्मा की प्राप्ति का द्वार) है। महापुरुष अन्तकाल में 'भूः' इस व्याहृति के अर्थरूप अग्नि में स्थित होता है, और 'भुवः' इस व्याहृति के अर्थरूप वायु देवता में स्थित होता है।

सुवरित्यादित्ये। मह इति ब्रह्मणि। आप्नोति स्वाराज्यम्। आप्नोति मनसस्पतिम्। वाक्पतिश्चक्षुष्पतिः। श्रोत्रपतिर्विज्ञानपतिः। एतत्ततो भवति। आकाशशरीरं ब्रह्म। सत्यात्म प्राणारामं ब्रह्म आनन्दम्। शान्तिसमृद्धममृतम्। इति प्राचीनयोग्योपास्स्व ॥2॥

इति षष्ठोऽनुवाकः ॥6॥

उसके बाद वह महापुरुष 'स्वः' इस व्याहृति के अर्थरूप सूर्य में स्थित होता है। बाद में 'महः' इस व्याहृति के अर्थरूप ब्रह्म में स्थित होता है। वह मनुष्य स्वाराज्य को प्राप्त कर लेता है। मन के स्वामी को प्राप्त कर लेता है। वह वाणी का स्वामी हो जाता है, वह नेत्रों का स्वामी हो जाता है, वह विज्ञान का स्वामी हो जाता है। वह पूर्वोक्त साधन के द्वारा इस फल को प्राप्त करता है। वह ब्रह्म आकाश की तरह ही निराकार और सर्वव्यापी है। वह एकमात्र सत्तारूप है। वह सभी इन्द्रियों को आराम देनेवाला, शान्ति से सम्पन्न और अविनाशी है। ऐसा मानकर, हे प्राचीनयोग्य शिष्य, तुम उसकी उपासना करो। (यहाँ छठाँ अनुवाक पूरा हुआ।)

सप्तमोऽनुवाकः

पृथिव्यन्तरिक्षं द्यौर्दिशोऽवान्तरदिशाः। अग्निर्वायुरादित्यश्चन्द्रमा नक्षत्राणि। आप ओषधयो वनस्पतय आकाश आत्मा। इत्यधिभूतम्। अथाध्यात्मम्। प्राणो व्यानोऽपान उदानः समानः। चक्षुः श्रोत्रं मनो वाक् त्वक्। चर्म माꣳसꣳ स्नावास्थिमज्जा। एतदधिविधाय ऋषिरवोचत्। पाङ्क्तं वा इदꣳ सर्वम्। पाङ्क्तेनैव पाङ्क्तꣳ स्पृणोतीति ॥1॥

इति सप्तमोऽनुवाकः ॥7॥

पृथ्वी, अंतरिक्ष, स्वर्ग, दिशाएँ, ईशानादि दिशाकोण—ये पाँच लोगों की आधिभौतिक पंक्ति है। अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्रमा और नक्षत्र—ये पाँच ज्योतिसमुदाय की पंक्ति है। जल, वनस्पति, औषधियाँ, आकाश और आत्मा (और उनका संधान रूप स्थूल शरीर) ये सब मिलकर स्थूल पदार्थों की पंक्ति है। इस प्रकार आधिभौतिक दृष्टि से वर्णन हुआ। अब आध्यात्मिक दृष्टि बताते हैं—प्राण, व्यान, अपान, उदान और समान—ये पाँचों प्राणों की पंक्ति है। चक्षु, श्रोत्र, मन, वाक् और त्वक्—यह करणों की पंक्ति है। त्वचा, मांस, स्नायु, अस्थि और मज्जा—यह शरीरगत धातु की पंक्ति है। इस तरह ठीक तरह से कल्पना करके ऋषि ने कहा कि यह सब पांक्त ही है। साधक (उपासक) आध्यात्मिक पांक्त से बाह्य पांक्त को और बाह्य से आध्यात्मिक पांक्त को पूर्ण करता है। (यहाँ सातवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

अष्टमोऽनुवाकः

ओमिति ब्रह्म। ओमितीदꣳसर्वम्। ओमित्येतदनुकृतिर्ह स्म वा अप्यो श्रावयेत्याश्रावयन्ति। ओमिति सामानि गायन्ति। ओꣳशोमिति शस्त्राणि शꣳसन्ति। ओमित्यध्वर्युः प्रतिगरं प्रतिगृणाति। ओमिति ब्रह्मा प्रसौति। ओमित्यग्निहोत्रमनुजानाति। ओमिति ब्राह्मणः प्रवक्ष्यन्नाह ब्रह्मोपाप्नवानीति। ब्रह्मैवोपाप्नोति ॥1॥

इत्यष्टमोऽनुवाकः ॥8॥

'ओम्' यह शब्दब्रह्म है, क्योंकि 'ॐ' सर्वरूप है। 'ॐ' यह अनुकृति (अनुकरण—सम्मति) हकारसूचक है, यह तो प्रसिद्ध है। यज्ञ करानेवाले लोग 'ॐ श्रावय' ऐसा कहकर ही बोलते हैं। ॐ बोलकर ही सामगान किया जाता है। 'ॐ शोम्' ऐसा बोलकर ही गतिहीन (अछांदस ?) ऋचाओं का पाठ किया जाता है। उध्वर्यु लोग प्रत्येक कर्म के प्रति 'ॐ' का उच्चारण करते हैं। 'ॐ' का उच्चारण करके ही ब्रह्मा—यह चौथा ऋत्विक् अनुमति देता है। वेदाध्ययन करनेवाला ब्राह्मण ॐ बोलकर ही

कहता है कि—'मैं ब्रह्म को (वेद को या परब्रह्म को) प्राप्त करूँ।' और इसीलिए वह ब्रह्म को प्राप्त करता है। (यहाँ आठवाँ अनुवाद पूरा हुआ।)

नवमोऽनुवाकः

ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च। सत्यं च स्वाध्यायप्रवचने च। तपश्च स्वाध्यायप्रवचने च। दमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। शमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्नयश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्निहोत्रं च स्वाध्यायप्रवचने च। अतिथयश्च स्वाध्यायप्रवचने च। मानुषं च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजा च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजनश्च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजातिश्च स्वाध्यायप्रवचने च। सत्यमिति सत्यवचा राथीतरः। तप इति तपोनित्यः पौरुशिष्टिः स्वाध्यायप्रवचने एवेति नाको मौद्गल्यः। तद्धि तपस्तद्धि तपः ॥1॥

इति नवमोऽनुवाकः ॥9॥

शास्त्रादि द्वारा बुद्धि में किया गया निश्चय अर्थात् 'ऋत' और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। सत्य और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। तप और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। इन्द्रियसंयम और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। मनोनिग्रह और अध्ययन-अध्यापन करते रहना चाहिए। अग्नि का आधान और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। अग्निहोत्र और अध्ययन-अध्यापन करते रहना चाहिए। अतिथि-सत्कार और अध्ययन-अध्यापन करते रहना चाहिए। मनुष्योचित कार्यों के साथ अध्ययन-अध्यापन करते रहना चाहिए। सन्तानोत्पत्ति और अध्ययन-अध्यापन करते रहना चाहिए। शास्त्रोक्त रीति से स्त्रीसंग और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। पौत्रों की उत्पत्ति और अध्ययन-अध्यापन करना चाहिए। रथीतर का पुत्र सत्यवक्ता मानता है कि सत्य का ही आचरण करना चाहिए। परन्तु सदैव तपोनिष्ठ ऐसे पुरुशिष्ट का मत है कि तप ही सदैव अनुष्ठान करने योग्य (आचरण करने योग्य) है। परन्तु मुद्गल के पुत्र नाक मुनि का मत तो यही है कि स्वाध्याय और प्रवचन (अध्ययन और अध्यापन) ही करना चाहिए। इसलिए स्वाध्याय और प्रवचन ही वास्तव में तप हैं। सचमुच वही तप है। (यहाँ नवाँ अनुवाक पूरा हुआ।)

दशमोऽनुवाकः

अहं वृक्षस्य रेरिवा। कीर्तिः पृष्ठं गिरेरिव। ऊर्ध्वपवित्रो वाजिनीव-स्वमृतमस्मि। द्रविणꣳ सवर्चसम्। सुमेधा अमृतोक्षितः। इति त्रिशङ्को-र्वेदानुवचनम् ॥1॥

इति दशमोनुवाकः ॥10॥

"मैं इस जन्ममरणरूप वृक्ष का उच्छेदक हूँ। मेरी कीर्ति पर्वतशिखर की तरह उन्नत और विशाल है। अन्नोत्पादन की शक्तिवाले सूर्य में जैसे अमृत है, वैसे मैं भी पवित्र अमृतस्वरूप ही हूँ। और मैं प्रकाशयुक्त भी हूँ, मैं धन का भण्डार हूँ। मैं परमानन्दमय अमृत से अभिषिंचित हूँ। मैं परम बुद्धिमान हूँ।"—इस प्रकार त्रिशंकु ऋषि का वेदानुभव है (अर्थात् मोक्षप्राप्ति होने के बाद उनके अन्तस् की यह आवाज है।) (यहाँ दसवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

एकादशोऽनुवाकः

वेदमनूच्याचार्योऽन्तेवासिनमनुशास्ति। सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्या-यान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। सत्यान्न प्रमदितव्यम्। धर्मान्न प्रमदितव्यम्। कुशलान्न प्रमदितव्यम्। भूत्यै न प्रमदितव्यम्। स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम् ॥1॥

वेदों का अध्ययन कराने के बाद आचार्य शिष्य को उपदेश देते हैं कि—सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो। स्वाध्याय में प्रमाद नहीं करना चाहिए। आचार्य को मनवांछित धन लाकर उनकी आज्ञा से गृहस्थाश्रम का प्रारंभ करके सन्तान-परम्परा चालू रखो। उसका उच्छेद मत करो। सत्य से कभी विचलित न हो, धर्म से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। कुशलमंगल के कार्यों से कभी दूर नहीं रहना चाहिए। ऐश्वर्यदायक कर्मों में कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। वेद के पठन-पाठन में प्रमाद नहीं करना चाहिए।

देवपितृकार्याभ्यां न प्रमदितव्यम्। मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथिदेवो भव। यान्यनवद्यानि कर्माणि। तानि सेवितव्यानि। नो इतराणि। यान्यस्माकꣳ सुचरितानि। तानि त्वयोपा-स्यानि ॥2॥

देवकार्य और पितृकार्य को कभी भूलना नहीं। माता में देवबुद्धि रखनेवाले बनो, पिता में देवबुद्धि रखनेवाले बनो, आचार्य में देवबुद्धि रखनेवाले बनो। जो दोषरहित कर्म हों, उन्हीं का तुम अनुसरण करो, दूसरों का नहीं। तुम अच्छे कर्मों का ही अनुसरण करो।

नो इतराणि। ये के चास्मच्छ्रेयाꣳसो ब्राह्मणाः। तेषां त्वयाऽऽसनेन प्रश्वसितव्यम्। श्रद्धया देयम्। अश्रद्धयाऽदेयम्। श्रिया देयम्। ह्रिया देयम्। भिया देयम्। संविदा देयम्। अथ यदि ते कर्मविचिकित्सा वा वृत्तविचिकित्सा वा स्यात् ॥3॥

इसके विपरीत कर्मों का अनुसरण मत करना। जो कोई भी हमसे श्रेष्ठ ब्राह्मण हों, उन्हें तुम आसनादि देकर विश्राम देते रहो। श्रद्धापूर्वक दान करना चाहिए, श्रद्धारहित दान नहीं देना चाहिए। आर्थिक स्थिति के अनुसार दान करना चाहिए। शर्म रखकर भी देना चाहिए। भय से भी देना चाहिए। और विवेकपूर्वक दान करना चाहिए। और उसके बाद यदि तुम्हें अपने कर्तव्यनिर्णय में कोई शंका हो या आचारसम्बन्धी कोई शंका हो तो—

ये तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः। युक्ता आयुक्ताः। अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते तत्र वर्तेरन्। तथा तत्र वर्तेथाः। अथाभ्याख्यातेषु। ते तत्र ब्राह्मणाः संमर्शिनः। युक्ता आयुक्ताः। अलूक्षा धर्मकामाः स्युः। यथा ते तेषु वर्तेरन्। तथा तेषु वर्तेथाः। एष आदेशः। एष उपदेशः। एषा वेदो-पनिषत्। एतदनुशासनम्। एवमुपासितव्यम्। एवमु चैतदुपास्यम् ॥4॥

इत्येकादशोऽनुवाकः ॥11॥

वहाँ जो उत्तम विचारवाले, योग्य सलाहकार, समुचित आचारवाले, सरलमधुर स्वभाववाले, केवल धर्माभिलाषी ब्राह्मण हों, वे जिस प्रकार उस क्षेत्र में वर्तन करें, वहाँ तुम्हें उसी प्रकार का व्यवहार

करना चाहिए। और भी यदि कहीं किसी दूषित कलंकवाले मनुष्य के साथ काम करने में संदेह हो, तो भी वहाँ जो उत्तम विचारवाले, योग्य सलाह देनेवाले, सदाचारी, मधुर स्वभाववाले, केवल धर्माभिलाषी ब्राह्मण हों, वे जिस तरह उनके साथ बर्ताव करें, उसी प्रकार तुम्हें व्यवहार करना चाहिए। यह शास्त्र की आज्ञा है, यही गुरुजनों का उपदेश है। यही वेदों का रहस्य है। यही परंपरागत बोध है। इसी तरह व्यवहार करना चाहिए। यही आचरण करना चाहिए। (यहाँ ग्यारहवाँ अनुवाक पूरा हुआ।)

द्वादशोऽनुवाकः

शं नो मित्रः शं वरुणः। शं नो भवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो बृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्मावादिषम्। ऋतमवादिषम्। सत्यमवादिषम्। तन्मामावीत्। तद्वक्तारमावीत्। आवीन्माम्। आवीद्वक्तारम् ॥1॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।

इति द्वादशोऽनुवाकः ॥12॥

दिन और प्राण के अधिष्ठाता देव-मित्र, सूर्य हमारे लिए कल्याणकारी हों। तथा रात्रि और अपान के अधिष्ठाता वरुण देव हमारे लिए कल्याणकारी हों। चक्षु और सूर्यमण्डल के अधिष्ठाता अर्यमा देव हमारा कल्याण करें। बल और भुजाओं के अधिष्ठाता इन्द्रदेव हमारे लिए कल्याणकारी हों। वाणी और बुद्धि के अधिष्ठाता देव बृहस्पति हमारे लिए कल्याणकारी हों। त्रिविक्रमरूपी विशाल कदम भरनेवाले विष्णु हमारे लिए कल्याणकारी हों। (वे चरणों के अधिष्ठाता हैं)। उपर्युक्त सभी देवताओं के आत्मस्वरूप ब्रह्म को मेरा नमस्कार हो। हे वायुदेव! आपको नमस्कार हो। आप ही प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं। आपको ही हमने प्रत्यक्ष ब्रह्म कहा है। आपको ही 'ऋत' कहा है। आपको ही सत्य कहा है। उन सर्वेश्वर परमात्मा ने मेरी रक्षा की है। उन्होंने वक्ता की (आचार्य की) भी रक्षा की है। मेरी और मेरे आचार्य की रक्षा की है। तीनों प्रकार के तापों की शान्ति हो। (यहाँ बारहवाँ अनुवाक पूरा होता है।)

यहाँ तैत्तिरीयोपनिषद् में शीक्षावल्ली समाप्त हुई।

अथ ब्रह्मानन्दवल्ली (2)

प्रथमोऽनुवाकः

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

हे परमात्मा! आप हम गुरु-शिष्य—दोनों की एक साथ रक्षा करें, दोनों का एक साथ ही पालन करें। हम दोनों एक साथ ही शक्ति प्राप्त करें। हमारी दोनों की पढ़ी हुई विद्या तेजस्वी हो। हम दोनों कभी परस्पर द्वेष न करें। ॐ त्रिविध तापों की शान्ति हो।

ॐ ब्रह्मविदाप्नोति परम्। तदेषाऽभ्युक्ता। सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म। यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्। सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा

विपश्चितेति। तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी। पृथिव्या ओषधयः। ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः। तस्येदमेव शिरः। अयं दक्षिणः पक्षः। अयमुत्तरः पक्षः। अयमात्मा। इदं पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति ॥1॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥1॥

ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है। इस भाव को बताने वाली यह श्रुति कही गई है। ब्रह्म सत्य, ज्ञानरूप और अनन्त है। जो मनुष्य परमशुद्ध आकाश में रहने पर भी प्राणियों की हृदयरूपी गुफा में छिपे हुए ब्रह्म को जानता है, वह विज्ञानस्वरूप ब्रह्म के साथ सब भोगों का अनुभव करता है। उसी इस आत्मा से आकाश उत्पन्न हुआ। आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी, पृथ्वी से औषधियाँ, औषधियों से अन्न पैदा हुए। वह यह पुरुष अन्नमय और रसमय ही है। (पुरुष में पक्षी की कल्पना करके कहते हैं कि—) उसका जो मस्तक है वह शिर है, यह दाहिना पंख ही दक्षिण भुजा है, यह बाँया पंख है वही बाँया हाथ है। शरीर का मध्यभाग ही उसका आत्मा है। और निम्नभाग ही पुच्छ और प्रतिष्ठा है। इस विषय में यह कहा जानेवाला श्लोक है। (यहाँ पहला अनुवाक पूरा हुआ।)

द्वितीयोऽनुवाकः

अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते। याः काश्च पृथिवीꣳश्रिताः। अथो अन्नेनैव जीवन्ति। अथैनदपि यन्त्यन्ततः। अन्नꣳ हि भूतानां ज्येष्ठम्। तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। सर्वं वै तेऽन्नमाप्नुवन्ति। येऽन्नं ब्रह्मोपासते। अन्नꣳहि भूतानां ज्येष्ठम्। तस्मात्सर्वौषधमुच्यते। अन्नाद्भूतानि जायन्ते। जातान्यन्नेन वर्धन्ते। अद्यतेऽत्ति च भूतानि तस्मादन्नं तदुच्यत इति ॥ तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयात्। अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधताम्। अन्वयं पुरुषविधः। तस्य प्राण एव शिरः। व्यानो दक्षिणः पक्षः। अपान उत्तरः पक्षः। आकाश आत्मा। पृथिवी पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति ॥1॥

इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥2॥

पृथ्वी का आश्रय लेकर रहनेवाले जो सब प्राणी हैं, वे सब अन्न से ही उत्पन्न होते हैं, और बाद में अन्न से ही जीते हैं, और अन्त में वे इस अन्न में ही विलीन हो जाते हैं। इसलिए अन्न ही सर्वभूतों में श्रेष्ठ है। इसीलिए उसे 'सर्वौषधरूप' कहते हैं। जो साधक अन्न की ब्रह्मभाव से उपासना करते हैं, वे अवश्य सभी प्रकार के अन्न को प्राप्त कर लेते हैं। क्योंकि अन्न ही भूतों में श्रेष्ठ है। इसलिए उसे 'सर्वौषध' नाम से कहा गया है। अन्न से ही सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं और उत्पन्न होकर अन्न से ही वृद्धि को प्राप्त करते हैं। वह अन्न प्राणियों द्वारा खाया जाता है और अन्न भी प्राणियों को खाता है। इसलिए वह 'अन्न' शब्द से कहा जाता है।

अवश्य ही उस अन्नरसमय शरीर से अलग ही, उसी के अन्दर रहनेवाला एक प्राणमय पुरुष है। उस प्राणमय पुरुष से यह अन्नरसमय व्याप्त है। यह प्राणमय आत्मा अवश्य ही इस पुरुष के

परिमाणवाला है। इस प्राणमय आत्मा का प्राण ही मानो मस्तक है। व्यान उसका दाहिना पंख है, अपान उसका बाँया पंख है, आकाश उसके शरीर का मध्य भाग है, पृथ्वी पूँछ और आधार है। इस प्राण की महिमा बताने के लिए भी यह आगे कहा जानेवाला एक श्लोक है। (यहाँ दूसरा अनुवाक पूर्ण हुआ।)

तृतीयोऽनुवाकः

प्राणं देवा अनु प्राणन्ति। मनुष्याः पशवश्च ये। प्राणो हि भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यते। सर्वमेव त आयुर्यन्ति। ये प्राणं ब्रह्मोपासते। प्राणो वै भूतानामायुः। तस्मात्सर्वायुषमुच्यत इति॥
तस्यैष एव शारीर आत्मा। यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयात्। अन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधताम्। अन्वयं पुरुषविधः। तस्य यजुरेव शिरः। ऋग् दक्षिणः पक्षः। सामोत्तरः पक्षः। आदेश आत्मा। अथर्वाङ्गिरसः पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥1॥

इति तृतीयोऽनुवाकः॥3॥

जो देव, मनुष्य और पशु आदि प्राणी हैं, वे सब प्राण का अनुसरण करके ही चेष्टा करते हैं (जीवित रहते हैं)। क्योंकि प्राण ही प्राणियों का आयुष्य है; इससे यह प्राण 'सर्वायुष' कहा जाता है। प्राण ही प्राणियों का जीवन है; इससे वह सबका आयुष कहा जाता है। ऐसा मानकर यदि कोई साधक प्राण की ब्रह्मरूप में उपासना करता है, तो वह सब प्रकार के आयुष्य को प्राप्त कर लेता है।

उसका पहले का जो अन्नरसमय आत्मा है, वही यह अन्तरात्मा है। तो इस प्राणमय पुरुष से अलग ही भीतर में रहनेवाला मनोमय आत्मा अवश्य है। उस मनोमय आत्मा से यह प्राणमय शरीर पूर्णतः व्याप्त है। यह मनोमय आत्मा निश्चित ही उस पुरुष के ही आकारवाला है। उसकी पुरुषतुल्य आकृति में व्याप्त होने से ही यह मनोमय आत्मा पुरुषाकार है। इस मनोमय पुरुष का मस्तक मानो यजुर्वेद है, ऋग्वेद मानो दाहिना पंख है, सामवेद मानो बायाँ पंख है, विधिवाक्य शरीर का मध्यभाग है, और अंगिरा ऋषि द्वारा देखे गए अथर्ववेद के मंत्र ही पुच्छ और आधार हैं। इसकी महिमा के विषय में आगे कहा जानेवाला एक श्लोक है। (यहाँ तीसरा अनुवाक पूर्ण होता है।)

चतुर्थोऽनुवाकः

यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति कदाचनेति॥
तस्यैष एव शारीर आत्मा। यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्मान्मनोमयात्। अन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधताम्। अन्वयं पुरुषविधः। तस्य श्रद्धैव शिरः। ऋतं दक्षिणः पक्षः। सत्यमुत्तरः पक्षः। योग आत्मा। महः पुच्छं प्रतिष्ठा। तदप्येष श्लोको भवति॥1॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः॥4॥

जहाँ से मन सहित वाणी आदि इन्द्रियाँ उसको प्राप्त किए बिना ही वापिस लौट आती हैं, उस ब्रह्म के आनन्द को जाननेवाला पुरुष कभी भी भय को प्राप्त नहीं होता। ऐसा श्लोक है।

इस मनोमय शरीर का भी यही परमात्मा शरीर में प्रतिष्ठित आत्मा है। पूर्वनिर्विष्ट इस मनोमय पुरुष से भी अलग एक और भीतर स्थित आत्मा 'विज्ञानमय' है। उस विज्ञानमय आत्मा से मनोमय शरीर व्याप्त है। यह विज्ञानमय आत्मा निःसन्देह पुरुषाकार है। उसके पुरुषाकार में अनुगत होने से ही यह विज्ञानमय पुरुषाकार बताया जाता है। उस विज्ञानमय आत्मा का 'श्रद्धा' ही मानो मस्तक है, 'ऋत' मानो दाहिना पंख है, सत्य मानो बायाँ पंख है, योग उसका मध्यभाग है, और महत्तत्त्व पुच्छ और आधार भाग है। इसके विषय में भी यह आगे कहा जानेवाला श्लोक है। (यहाँ चौथा अनुवाक पूरा हुआ।)

पञ्चमोऽनुवाकः

विज्ञानं यज्ञं तनुते। कर्माणि तनुतेऽपि च। विज्ञानं देवाः सर्वे। ब्रह्म ज्येष्ठमुपासते। विज्ञानं ब्रह्म चेद्वेद। तस्माच्चेन्न प्रमाद्यति। शरीरे पाप्मनो हित्वा। सर्वान्कामान्समश्नुत इति॥
तस्यैष एव शारीर आत्मा। यः पूर्वस्य। तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयात्। अन्योऽन्तर आत्मा आनन्दमयः। तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुषविध एव। तस्य पुरुषविधताम्। अन्वयं पुरुषविधः। तस्य प्रियमेव शिरः। मोदो दक्षिणः पक्षः। प्रमोद उत्तरः पक्षः। आनन्द आत्मा। ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठा॥
तदप्येष श्लोको भवति॥1॥

इति पञ्चमोऽनुवाकः॥5॥

विज्ञान ही यज्ञों का विस्तार करता है और कर्मों का भी विस्तार करता है। सभी इन्द्रियरूपी देव सर्वश्रेष्ठ ब्रह्म के रूप में विज्ञान की सेवा करते हैं। कोई भी साधक यदि विज्ञान को ब्रह्मरूप से जान लेता है और उससे प्रमाद नहीं करता तथा अपने निश्चय से विचलित नहीं होता, तो शरीराभिमान से जन्में पापों के समूह को शरीर में ही छोड़कर सब लोकों का अनुभव करता है। (ऐसा यह श्लोक है)।

उस विज्ञानमय का यह परमात्मा ही शरीरान्तर्गत आत्मा है कि जो पूर्ववर्ती मनोमय शरीर का ही आत्मा है। निश्चय ही वह पूर्वोक्त विज्ञानमय जीवात्मा से अलग और उसके भी भीतर रहनेवाला आत्मा आनन्दमय परमात्मा है। उससे यह विज्ञानमय पूर्णतः व्याप्त है। वह यह आनन्दमय परमात्मा भी पुरुष सदृश आकारवाला है। वह विज्ञानमय की पुरुषाकारता में अनुगत होने से ही यह आनन्दमय परमात्मा पुरुषाकार कहलाता है। उस आनन्दमय का शिर मानो 'प्रिय' है, 'मोद' मानो दाहिना पंख है, आनन्द ही शरीर का मध्य भाग है और ब्रह्म ही पुच्छ तथा आधार है। इसकी महिमा के विषय में भी यह श्लोक है। (यहाँ पाँचवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

षष्ठोऽनुवाकः

असन्नेव स भवति। असद्ब्रह्मेति वेद चेत्। अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद। सन्तमेनं ततो विदुरिति।
तस्यैष एव शारीर आत्मा। यः पूर्वस्य। अथातोऽनुप्रश्नाः। उताविद्वानमुं लोकं प्रेत्य। कश्चन गच्छती3। आहो विद्वानमुं लोकं प्रेत्य। कश्चित्समश्नुता 3 उ॥

सोऽकामयत । बहु स्यां प्रजायेयेति । स तपोऽतप्यत । स तपस्तप्त्वा । इदꣳ सर्वमसृजत । यदिदं किंच । तत्सृष्ट्वा । तदेवानुप्राविशत् । तदनुप्रविश्य । सच्च त्यच्चाभवत् । निरुक्तं चानिरुक्तं च । निलयनं चानिलयनं च । विज्ञानं चाविज्ञानं च । सत्यं चानृतं च । सत्यमभवत् । यदिदं किंच । तत्सत्यमित्याचक्षते । तदप्येष श्लोको भवति ॥1॥

इति षष्ठोऽनुवाकः ॥6॥

जो मनुष्य 'ब्रह्म नहीं है'—इस प्रकार मानता है, तो वह असत् ही हो जाता है । और यदि कोई 'ब्रह्म है'—इस प्रकार मानता है, तो उसको ज्ञानी लोग सन्तपुरुष मानते हैं । ऐसा यह श्लोक है ।

उस आनन्दमय का भी यही शरीरान्तर्वती आत्मा है, जो कि पूर्वोक्त विज्ञानमय का है । तब यहाँ से अनुप्रश्न शुरू होते हैं (आचार्योपदेश के बाद शिष्यद्वारा पूछे गए प्रश्न शुरू होते हैं) । पहला प्रश्न है कि यदि ब्रह्म है तो उसे न जाननेवाला कोई भी मनुष्य मरण के बाद परलोक में जाता है या नहीं ? और दूसरा प्रश्न यह है कि ब्रह्म को जाननेवाला कोई विद्वान् भी मरने के बाद परलोक को प्राप्त करता है या नहीं ?

(इन प्रश्नों के उत्तर में ब्रह्मस्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि—) उस परमेश्वर ने संकल्प किया कि मैं प्रकट होऊँ और (नामरूपात्मक) बहुत हो जाऊँ । उसने तप किया और अपने संकल्प का विस्तार किया । तप करके यह जो कुछ है, उसे उत्पन्न किया । जगत् की रचना करने के बाद वह स्वयं ही उसमें प्रविष्ट हो गया । उसके साथ (उसमें प्रविष्ट होने के बाद) स्वयं ही मूर्त और अमूर्त हो गया । आश्रय-अनाश्रय, चेतन-अचेतन, व्यावहारिक सत्य और असत्य हो गया । यह जो कुछ भी है, उसे ब्रह्मज्ञानी 'सत्य' ही समझते हैं । इसके विषय में यह (कहा जानेवाला) श्लोक है । (यहाँ छठा अनुवाक पूरा हुआ ।)

सप्तमोऽनुवाकः

असद्वा इदमग्र आसीत् । ततो वै सदजायत । तदात्मानꣳ स्वयमकुरुत । तस्मात्तत्सुकृतमुच्यत इति ॥

यद्वै तत्सुकृतम् । रसो वै सः । रसꣳ ह्येवायं लब्ध्वाऽनन्दी भवति । को ह्येवान्यात्कः प्राण्यात् । यदेष आकाश आनन्दो न स्यात् । एष ह्येवानन्दयति । यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्येऽनात्म्येऽनिरुक्तेऽनिलयनेऽभयं प्रतिष्ठां विन्दते । अथ सोऽभयं गतो भवति । यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते । अथ तस्य भयं भवति । तत्त्वेव भयं विदुषोऽमन्वानस्य । तदप्येष श्लोको भवति ॥1॥

इति सप्तमोऽनुवाकः ॥7॥

उत्पन्न (अभिव्यक्त) होने से पहले यह जगत् अव्यक्त ब्रह्मरूप ही था । उसी में से यह नामरूपात्मक जगत् उत्पन्न हुआ । उस (आत्मा) ने स्वयं को ऐसा बनाया, इसलिए वह 'सुकृत' कहलाया । (ऐसा वह श्लोक है) ।

जो वह 'सुकृत' है, वह रस ही है । इस रस को पाकर पुरुष आनन्द युक्त हो जाता है । यदि आकाश की भाँति आनन्दरूप व्यापक परमात्मा न होता, तो कौन जीवित रह सकता था ? कौन प्राणों

की चेष्टा कर सकता था ? सचमुच यह परमात्मा ही सबको आनन्दित करता है । जिस समय साधक इस अदृश्य, अशरीरी, अनिर्वाच्य, पराश्रयरहित, परब्रह्म परमात्मा में निर्भयतापूर्वक स्थिति प्राप्त करता हैं, उस समय वह अभयपद को प्राप्त करता है । क्योंकि जब तक लेशमात्र भी परमात्मा से वियोग रहता है, वहाँ तक मनुष्य को जन्म-मरणरूप भय बना रहता है । ऐसा भय केवल मूर्ख को ही नहीं होता, अभिमानी विद्वान् को भी होता है । इसी अर्थ में यह कहा जानेवाला श्लोक है । (यहाँ सातवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ) ।

अष्टमोऽनुवाकः

भीषाऽस्माद्वातः पवते । भीषोदेति सूर्यः । भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च । मृत्युर्धावति पञ्चम इति । सैषाऽऽनन्दस्य मीमाꣳसा भवति । युवा स्यात्साधुयुवाध्यायकः । आशिष्ठो दृढिष्ठो बलिष्ठः । तस्येयं पृथिवी सर्वा वित्तस्य पूर्णा स्यात् । स एको मानुष आनन्दः । ते ये शतं मानुषा आनन्दाः ॥1॥

उसी के भय से पवन चलता है, उसी के भय से सूर्य उगता है, उसी के भय से अग्नि, इन्द्र और पाँचवाँ यम अपने-अपने कार्य यथासमय कर रहे हैं । अब यह ब्रह्मानन्द की मीमांसा (कही जाती) है । जो सदाचारी, वेदज्ञ, आशाओं से भरा (कभी निराश नहीं होनेवाला), बहुत दृढ़ और बलवान नवयुवक होता है, यह धनधान्यपूर्ण समग्र पृथिवी उसी की हो जाती है । उसका जो आनन्द है, वह मानुष आनन्द है । मनुष्य के ऐसे सौ आनन्द हों, तो—

स एको मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दः । श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य । ते ये शतं मनुष्यगन्धर्वाणामानन्दाः । स एको देवगन्धर्वाणामानन्दः । श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य । ते ये शतं देवगन्धर्वाणामानन्दाः । स एकः पितृणां चिरलोकलोकानामानन्दः । श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य । ते ये शतं पितृणां चिरलोकलोकानामानन्दाः । स एक आजानजानां देवानामानन्दः ॥2॥

वह मनुष्यगन्धर्वों का एक आनन्द (के तुल्य) होता है । ऐसा आनन्द कामना से दूषित नहीं होनेवाले ब्रह्मवेत्ता को तो सहज प्राप्त ही है । और मनुष्यगन्धर्वों के ऐसे जो सौ आनन्द होते हैं, वह देवगन्धर्वों का एक आनन्द होता है । वह आनन्द भी कामना से अदूषित चित्तवाले ब्रह्मज्ञानी को तो सहज ही होता है । और देवगंधर्वों के ऐसे सौ आनन्द जो हैं, वह चिरस्थायी पितृलोक में रहनेवाले पितृओं का मात्र एक ही आनन्द होता है । यह आनन्द भी कामनाओं से अदूषित ब्रह्मज्ञानी के लिए तो सहज प्राप्त ही है । चिरस्थायी पितृलोक में रहने वाले पितृओं के ऐसे सौ आनन्द हों, तब 'आजानज' नाम के देवों का वह एक ही आनन्द होता है ।

श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य । ते ये शतमाजानजानां देवानामानन्दाः । स एकः कर्मदेवानां देवानामानन्दः । ये कर्मणा देवानपि यन्ति । श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य । ते ये शतं कर्मदेवानां देवानामानन्दाः । स एको देवानामानन्दः । श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य । ते ये शतं देवानामानन्दाः । स एक इन्द्रस्यानन्दः ॥3॥

यह आनन्द भी कामनाओं से अदूषित ब्रह्मज्ञानी के लिए स्वभावसिद्ध ही है। आजानज देवों के ऐसे जो सौ आनन्द होते हैं, उनके बराबर 'कर्मदेव' नाम के देवों का एक ही आनन्द होता है। वे कर्मदेव कर्म से देवत्व को प्राप्त हुए हैं। वह आनन्द भी कामनाओं से मुक्त ब्रह्मवेत्ता को सहज ही मिलता है। और उन कर्मदेवों के जो सौ आनन्द हैं, उसके तुल्य देवों का एक ही आनन्द होता है और ऐसा आनन्द भी निष्काम ब्रह्मज्ञानी को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। और देवों के ऐसे सौ आनन्दों के तुल्य इन्द्र का एक आनन्द होता है।

श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतमिन्द्रस्यानन्दाः। स एको बृहस्पतेरानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं बृहस्पतेरानन्दाः। स एकः प्रजापतेरानन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य। ते ये शतं प्रजापतेरानन्दाः। स एको ब्रह्मण आनन्दः। श्रोत्रियस्य चाकामहतस्य ॥4॥

वह आनन्द भी निष्काम ब्रह्मज्ञानी को स्वयंसिद्ध होता है। इन्द्र के ऐसे सौ आनन्दों के समान बृहस्पति का एक ही आनन्द होता है। ऐसा आनन्द भी निष्काम ब्रह्मवेत्ता के लिए स्वभावसिद्ध है। बृहस्पति के ऐसे जो सौ आनन्द होते हैं, वह प्रजापति का एक ही आनन्द होता है। पर ऐसा आनन्द भी निष्काम ब्रह्मवेत्ता के लिए स्वभावसिद्ध ही होता है। और प्रजापति के ऐसे जो सौ आनन्द होते हैं, उनके बराबर ब्रह्म का एक ही आनन्द होता है, पर वह (सर्वश्रेष्ठ) आनन्द भी कामनाओं से अदूषित चित्तवाले ब्रह्मज्ञानी के लिए तो सहज रीति से प्राप्य ही है।

स यश्चायं पुरुषे। यश्चासावादित्ये। स एकः। य स एवंवित्। अस्माल्लोकात्प्रेत्य। एतमन्नमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं प्राणमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं मनोमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतं विज्ञानमयमात्मानमुपसंक्रामति। एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रामति। तदप्येष श्लोको भवति ॥5॥

इत्यष्टोऽनुवाकः ॥8॥

इस तरह जो यह पुरुष पंचकोशात्मक देह में है, और जो आदित्य के भीतर है—वे दोनों एक ही हैं। जो मनुष्य इस प्रकार जान लेता है, वह इस दृष्ट और अदृष्ट लोक से निवृत्त होकर अन्नमय कोश को प्राप्त होता है। तात्पर्य यह है कि वह विषयसमूह को अन्नमय कोश (एक आवरण) से अलग नहीं समझता। और इसी तरह प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय आत्मा को प्राप्त करता है। अर्थात् वह उन कोशों को आवरणमात्र ही समझता है—शुद्ध आत्मा नहीं समझता। इस विषय में यह श्लोक है। (यहाँ आठवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ)।

नवमोऽनुवाकः

यतो वाचो निवर्तन्ते। अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्। न बिभेति कुतश्चेनेति। एतꣳ ह वाव न तपति किमहꣳ साधु नाकरवम्। किमहं पापमकरवमिति। स य एवं विद्वानेते आत्मानꣳ स्पृणुते। उभे ह्येवैष एते आत्मानꣳ स्पृणुते। य एवं वेद। इत्युनिषत् ॥1॥

इति नवमोऽनुवाकः ॥9॥

जहाँ से मन सहित सभी इन्द्रियाँ उसे प्राप्त किए बिना ही वापिस लौट जाती हैं, उस ब्रह्म के आनन्द को जाननेवाला महापुरुष किसी से भी डरता नहीं है। ऐसे विद्वान् को 'मैंने अच्छा काम क्यों नहीं किया ?' अथवा 'मैंने पापाचरण क्यों किया ?'—ऐसी चिन्ताएँ नहीं सताती हैं। 'पुण्य और पापवाले सभी कर्म आवरणकारी ही हैं'—ऐसा माननेवाला यह विद्वान् उनसे अपने आत्मा की रक्षा करता है। ये पुण्य और पाप आत्मस्वरूप ही दिखाई देते हैं। जो पुरुष उपर्युक्त प्रकार से अद्वैत को जान लेता है, वह आनन्दस्वरूप को जान लेता है। ऐसी यह उपनिषद् विद्या है। (यहाँ नवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

यहाँ तैत्तिरीयोपनिषद् में ब्रह्मानन्दवल्ली समाप्त हुई।

अथ भृगुवल्ली (3)

प्रथमोऽनुवाकः

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

नोट—इसका हिन्दी रूपान्तर ब्रह्मानन्दवल्ली में दिया गया है।

भृगुर्वै वारुणिः। वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तस्मा एतत्प्रोवाच। अन्नं प्राणं चक्षुः श्रोत्रं मनो वाचमिति। तꣳहोवाच। यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद्विजिज्ञासस्व। तद्ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा ॥1॥

इति प्रथमोऽनुवाकः ॥1॥

यह प्रसिद्ध है कि वरुण का पुत्र भृगु अपने पिता वरुण के पास गया और विनयपूर्वक बोला कि हे भगवन्! मुझे ब्रह्म का उपदेश दीजिए। इस प्रकार प्रार्थना करने से उसे वरुण ने यह कहा कि अन्न, प्राण, नेत्र, श्रोत्र, मन और वाणी—इस प्रकार ये सब ब्रह्म की उपलब्धि के द्वार हैं। वरुण ने उससे कहा कि ये सब प्रत्यक्ष दिखाई देने वाले प्राणी उत्पन्न होते हैं, और उत्पन्न होकर जीते हैं, तथा प्रयाण के अंत में जिसमें मिल जाते हैं—उसकी जिज्ञासा करो, वही ब्रह्म है। पिता की आज्ञा सुनकर उसने तप किया। और फिर तप करके—(यहाँ पहला अनुवाक पूरा हुआ।)

द्वितीयोऽनुवाकः

अन्नं ब्रह्मेति व्यजानात्। अन्नाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। अन्नेन जातानि जीवन्ति। अन्नं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा ॥1॥

इति द्वितीयोऽनुवाकः ॥2॥

'अन्न ब्रह्म है'—इस प्रकार उसने जाना क्योंकि अन्न से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होकर अन्न से जीते हैं और अन्त में प्रयाण करके अन्न में ही विलीन होते हैं। इस प्रकार जानकर वह फिर से अपने पिता वरुण के पास गया और बोला कि—हे भगवन्! मुझे ब्रह्म का उपदेश दीजिए। तब उसने कहा कि तप से ब्रह्म को जानो। तप ही ब्रह्म है। तब उसने फिर से तप किया और तप करके—(यहाँ दूसरा अनुवाक पूरा हुआ।)

तृतीयोऽनुवाकः

प्राणो ब्रह्मेति व्यजानात्। प्राणाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। प्राणेन जातानि जीवन्ति। प्राणं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार॥ अधीहि भगवो ब्रह्मेति॥ तꣳहोवाच तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥1॥

इति तृतीयोऽनुवाकः॥3॥

उसने 'प्राण ब्रह्म है' ऐसा जाना। क्योंकि प्राण से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं और जन्मे हुए प्राण से ही जीवित रहते हैं और प्रयाण काल में अन्त में प्राण में ही विलीन हो जाते हैं। ऐसा जानकर वह फिर से अपने पिता वरुण के पास गया और कहने लगा कि—हे भगवन्। मुझे ब्रह्म का उपदेश दीजिए। तब उसने उससे कहा कि तप से ब्रह्म को जानो, तप ही ब्रह्म है। उसने तप किया और तप करके— (यहाँ तीसरा अनुवाक पूर्ण हुआ।)

चतुर्थोऽनुवाकः

मनो ब्रह्मेति व्यजानात्। मनसो ह्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। मनसा जातानि जीवन्ति। मनःप्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥1॥

इति चतुर्थोऽनुवाकः॥4॥

उसने 'मन ब्रह्म है' ऐसा जाना। क्योंकि मन ही से ये प्राणी उत्पन्न होते हैं, मन से उत्पन्न होकर ये जीते हैं और प्रयाणकाल के अन्त में मन में ही मिल जाते हैं। ऐसा जानकर वह फिर से अपने पिता वरुण के पास गया और बोला कि—हे भगवन्। मुझे ब्रह्म का उपदेश दीजिए। तब उसने उससे कहा कि तप से ब्रह्म को जानो, तप ही ब्रह्म है। उसने तप किया और तप करके—(यहाँ चौथा अनुवाक पूर्ण हुआ।)

पञ्चमोऽनुवाकः

विज्ञानं ब्रह्मेति व्यजानात्। विज्ञानाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। विज्ञानेन जातानि जीवन्ति। विज्ञानं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। तद्विज्ञाय। पुनरेव वरुणं पितरमुपससार। अधीहि भगवो ब्रह्मेति। तꣳहोवाच। तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व। तपो ब्रह्मेति। स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा॥1॥

इति पञ्चमोऽनुवाकः॥5॥

तब उसने 'विज्ञान ही ब्रह्म है' ऐसा जाना। क्योंकि विज्ञान से ही ये सब प्राणी जन्मते हैं, विज्ञान से उत्पन्न होकर विज्ञान से ही ये जीते हैं और प्रयाणसमय (अन्त में) विज्ञान में ही विलीन जाते हैं। ऐसा जानकर वह फिर से अपने पिता वरुण के पास गया और बोला कि—हे भगवन्! ब्रह्म का उपदेश दीजिए। तब उसने उससे कहा कि तप से ब्रह्म को जानो, तप ही ब्रह्म है। उसने फिर तप किया और तप करके—(यहाँ पाँचवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

षष्ठोऽनुवाकः

आनन्दो ब्रह्मेति व्यजानात्। आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। आनन्देन जातानि जीवन्ति। आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति। सैषा भार्गवी वारुणी विद्या। परमे व्योमन् प्रतिष्ठिता। य एवं वेद। प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान् कीर्त्या॥1॥

इति षष्ठोऽनुवाकः॥6॥

उसने 'आनन्द ही ब्रह्म है' ऐसा निश्चित रूप से जाना क्योंकि सचमुच आनन्द से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, आनन्द से जन्म लेकर ये सब जीते हैं और अन्त में (प्रयाणकाल में) आनन्द में ही मिल जाते हैं। ऐसा जानकर उसने पूरा ब्रह्म जान लिया। भृगु की जानी हुई और वरुण के द्वारा उपदिष्ट यह विद्या विशुद्ध आकाश-सदृश परमात्मा में पूर्णतया प्रतिष्ठित है। यदि कोई अन्य साधक भी इस तरह आनन्दस्वरूप ब्रह्म को जान लेता है, तो वह भी ब्रह्म में स्थित हो जाता है। इतना ही नहीं, यहाँ लोगों की दृष्टि में भी बहुत अन्नवाला और अन्न को पचानेवाला होता है। और सन्तान, पशु तथा ब्रह्मतेज से युक्त होकर महान बन जाता है। वह उत्तम कीर्तिमान हो जाता है। (यहाँ छठा अनुवाक पूर्ण हुआ।)

सप्तमोऽनुवाकः

अन्नं न निन्द्यात्। तद्व्रतम्। प्राणो वा अन्नम्। शरीरमन्नादम्। प्राणे शरीरं प्रतिष्ठितम्। शरीरे प्राणः प्रतिष्ठितः। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान् भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान् कीर्त्या॥1॥

इति सप्तमोऽनुवाकः॥7॥

अन्न की निन्दा नहीं करनी चाहिए। वह ब्रह्मज्ञ का व्रत है, प्राण ही अन्न है। शरीर ही अन्नाद है। प्राण में शरीर रहा है और शरीर में प्राण रहा है। इस प्रकार परस्पराश्रित होने से अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है। इस प्रकार जो मनुष्य अन्न में स्थित अन्न को जानता है वह प्रतिष्ठित होता है। अन्नवान और अन्नभोक्ता बन जाता है। प्रजा, पशु और ब्रह्मतेज से महान् हो जाता है और कीर्ति से भी महान् हो जाता है। (यहाँ सातवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

अष्टमोऽनुवाकः

अन्नं न परिचक्षीत। तद्व्रतम्। आपो वा अन्नम्। ज्योतिरन्नादम्। अप्सु ज्योतिः प्रतिष्ठितम्। ज्योतिष्यापः प्रतिष्ठिताः। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान्भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन महान्कीर्त्या॥

इत्यष्टमोऽनुवाकः॥8॥

अन्न की अवहेलना नहीं करनी चाहिए। वह ब्रह्मज्ञ का एक व्रत है। जल ही अन्न है और ज्योति उस अन्न का भोक्ता है। जल में ज्योति प्रतिष्ठित है और ज्योति में जल प्रतिष्ठित है। इस तरह अन्न में ही अन्न प्रतिष्ठित है। जो मनुष्य इस प्रकार अन्न में प्रतिष्ठित अन्न को जानता है, वह प्रसिद्ध हो जाता है। वह अन्नवान और अन्नभोक्ता हो जाता है। प्रजा, पशु और ब्रह्मवर्चस से महान् हो जाता है। कीर्ति से भी महान् होता है। (यहाँ आठवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

नवमोऽनुवाकः

अन्नं बहु कुर्वीत। तद्व्रतम्। पृथिवी वा अन्नम्। आकाशोऽन्नादः। पृथिव्यामाकाशः प्रतिष्ठितः। आकाशे पृथिवी प्रतिष्ठिता। तदेतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितम्। स य एतदन्नमन्ने प्रतिष्ठितं वेद प्रतितिष्ठति। अन्नवानन्नादो भवति। महान्भवति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन। महान्कीर्त्या ॥1॥

इति नवमोऽनुवाकः ॥9॥

अन्न को बढ़ाना चाहिए। यह एक व्रत है। अथवा पृथ्वी अन्न है और आकाश अन्नभोक्ता है। पृथ्वी में आकाश स्थित है और आकाश में पृथ्वी स्थित है इस प्रकार अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है। जो मनुष्य इस तरह अन्न में ही प्रतिष्ठित अन्न के रहस्य को जानता है, वह प्रसिद्ध हो जाता है। वह अन्नवान और अन्नभोक्ता बनता है। वह प्रजा, पशु और ब्रह्मवर्चस से महान् बन जाता है, वह कीर्ति से भी महान् बन जाता है। (यहाँ नवाँ अनुवाक पूर्ण हुआ।)

दशमोऽनुवाकः

न कंचन वसतौ प्रत्याचक्षीत। तद्व्रतम्। तस्माद्यया कया च विधया बह्वन्नं प्राप्नुयात्। आराध्यस्मा अन्नमित्याचक्षते। एतद्वै मुखतोऽन्नꣳ राद्धम्। मुखतोऽस्मा अन्नꣳ राध्यते। एतद्वै मध्यतोऽन्नꣳ राद्धम्। मध्यतोस्मा अन्नꣳ राध्यते। एतद्वा अन्ततोऽन्नꣳ राद्धम्। अन्ततोऽस्मा अन्नꣳ राध्यते ॥1॥

अपने घर पर आए आश्रयवांछु अतिथि को अयोग्य उत्तर नहीं देना चाहिए। यह एक व्रत है। इसलिए अतिथिसत्कार के लिए जिस किसी भी प्रकार से यथेष्ठ अन्न प्राप्त करना चाहिए। क्योंकि घर पर आए अतिथि को गृहस्थ लोग 'भोजन तैयार है'—ऐसा कहते हैं। इस प्रकार मुख्य वृत्ति (प्रधानवृत्ति - श्रद्धा व आदर से) से पकाया हुआ अन्न देनेवाले को बड़े आदर के साथ प्राप्त होता है। मध्यम श्रद्धा-आदर से यह पकाया हुआ अन्न जो देता है, वह निश्चित ही मध्यम श्रद्धा-आदर से अन्न प्राप्त करता है और जो मनुष्य अधम श्रद्धा-आदर से अतिथि को पकाया हुआ भोजन देता है, तो निश्चय ही ऐसे दाता को निकृष्ट (हलके) प्रकार की श्रद्धा से अन्न मिलता है।

य एवं वेद। क्षेम इति वाचि। योगक्षेम इति प्राणापानयोः। कर्मेति हस्तयोः। गतिरिति पादयोः। विमुक्तिरिति पायौ। इति मानुषीः समाज्ञाः। अथ दैवीः। तृप्तिरिति वृष्टौ। बलमिति विद्युति ॥2॥

जो इस प्रकार जानता है, वह अतिथियों के प्रति सद्व्यवहार करते हैं। वह परमात्मा वाणी में क्षेमरूप (रक्षकरूप) है, प्राण और अपान में प्राप्ति और रक्षा (दोनों) स्वरूपों में हैं। दो हाथों में कर्मशक्ति के रूप में है, दो पैरों में गतिशक्ति के रूप में है, गुदा में मलत्याग की शक्तिरूप में है—इस

प्रकार ये मानुषी आध्यात्मिक उपासनाएँ हैं। अब दैवी उपासनाओं का वर्णन किया जाता है। वह परमात्मा वृष्टि में तृप्तिशक्ति के रूप में रहते हैं और विद्युत् में बलशक्तिरूप में अवस्थित हैं।

यश इति पशुषु। ज्योतिरिति नक्षत्रेषु। प्रजापतिरमृतमानन्द इत्युपस्थे। सर्वमित्याकाशे। तत्प्रतिष्ठेत्युपासीत। प्रतिष्ठावान् भवति। तन्मह इत्युपासीत। महान् भवति। तन्मन इत्युपासीत। मानवान् भवति ॥3॥

(वह परमात्मा) पशुओं में यशरूप में स्थित है। नक्षत्रों में ज्योति के रूप में स्थित है। उपस्थ में प्रजननशक्ति के रूप में स्थित है। वीर्यरूप अमृत और आनन्ददायक शक्ति के रूप में रहता है। और आकाश में सर्वाधार होकर स्थित है। वह उपास्य देव सर्व का आधार है। इस प्रकार यदि कोई उपासना करे, तो वह महान् हो जाता है। 'वह उपास्य देव महः है'—ऐसा समझकर यदि कोई उपासना करता है, तो वह महान् से सम्पन्न हो जाता है। कोई यदि 'वह उपास्य देव मनः है'—ऐसा समझकर उपासना करे, तो वह मनःशक्ति से पूर्ण हो जाता है।

तन्नम इत्युपासीत। नम्यन्तेऽस्मै कामाः। तद्ब्रह्मेत्युपासीत। ब्रह्मवान् भवति। तद्ब्रह्मणः परिमर इत्युपासीत। पर्येणं म्रियन्ते द्विषन्तः सपत्नाः। परि येऽप्रिया भ्रातृव्याः। स यश्चायं पुरुषे। यश्चासावादित्ये। स एकः ॥4॥

वह उपास्य देव 'नमनयोग्य' है, ऐसा जानकर यदि उपासना की जाए तो ऐसे उपासक को सभी भोग्यपदार्थ विनीत हो जाते हैं। वह उपास्यदेव 'ब्रह्म' है, ऐसा मानकर यदि साधक उपासना करे, तो वह ब्रह्मयुक्त हो जाता है। यदि वह ब्रह्म 'सर्व को मारने के लिए नियुक्त किया गया अधिकारी है'—ऐसा समझकर उपासना की जाए, तो उस उपासक के द्वेषी शत्रु मर जाते हैं। और उसके जो सर्वतः अनिष्ट चाहनेवाले भाई-पितृव्य आदि हैं, वे भी मर जाते हैं। वह परमात्मा जो इस मनुष्य में है, वह जो सूर्य में है, उन दोनों का अन्तर्यामी एक ही है।

स य एवंवित्। अस्माल्लोकात्प्रेत्य। एतमन्नमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं प्राणमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं मनोमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतं विज्ञानमयमात्मानमुपसंक्रम्य। एतमानन्दमयमात्मानमुपसंक्रम्य। इमाँल्लोकान्कामान्नी कामारूप्यनुसंचरन्। एतत्साम गायन्नास्ते। हा 3 वु हा 3 वु हा 3 वु ॥5॥

जो मनुष्य इस प्रकार तत्त्वज्ञानी है, वह इस लोक से (शरीर से) उत्क्रमण करके इस अन्नमय आत्मा को प्राप्त करके, इस प्राणमय आत्मा को प्राप्त करके, इस मनोमय आत्मा को प्राप्त करके, इस विज्ञानमय आत्मा को प्राप्त करके, इस आनन्दमय आत्मा को प्राप्त करके इच्छानुसार भोक्ता और इच्छानुसार रूपधारी हो सकता है। और इन सभी लोकों में विचरण करता हुआ वह साम (वेद) के उद्गारों को गाया करता है—'हा 3 वु'—हा आश्चर्य! हा आश्चर्य! हा आश्चर्य! ('आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनम्'–गीता)।

अहमन्नमहमन्नमहमन्नम्। अहमन्नादोऽहमन्नादोऽहमन्नादः। अहꣳ श्लोककृदहꣳ श्लोककृदहꣳ श्लोककृत्। अहमस्मि प्रथमजा ऋता 3 स्य। पूर्वं देवेभ्योऽमृतस्य ना 3 भायि। यो मा ददाति स इदेव मा 3 वाः।

अहमन्नमन्नमदन्तमा 3 द्मि । अहं विश्वं भुवनमभ्यभवा3म् । सुवर्ण-ज्योतिः । य एवं वेद ॥ इत्युपनिषत् ॥6॥

इति दशमोऽनुवाकः ॥10॥

इति तैत्तिरीयोपनिषत्समाप्ता ॥

मैं ही अन्न हूँ, अन्न हूँ, अन्न हूँ। मैं ही अन्न का भोक्ता हूँ, भोक्ता हूँ, भोक्ता हूँ। मैं ही उनका (भोक्ता और अन्न का) संयोग कराने वाला हूँ, संयोग करानेवाला हूँ, संयोग करानेवाला हूँ। मैं ही तो सत्य का सत्य प्रत्यक्ष जगत् से परे, सर्वमुख्य हिरण्यगर्भ और देवताओं से भी पहले अवस्थित अमृत का केन्द्र हूँ। जो कोई मनुष्य अन्नस्वरूप मुझे देता है, तो वह अपने उस कार्य से ही मेरी रक्षा करता है। मैं अन्नस्वरूप होकर अन्न खानेवाले को निगल जाता हूँ। मैं समस्त ब्रह्माण्ड का पराभव करता हूँ। मेरे प्रकाश की एक झलक सूर्य जैसी है। नित्यप्रकाशित है। यह उपनिषद् (ब्रह्मविद्या) है। जो इसको इस प्रकार जानता है, वह पूर्वोक्त फल पाता है। (यहाँ दसवाँ अनुवाक हुआ।)

यहाँ तैत्तिरीयोपनिषद् की भृगुवल्ली यहाँ पूर्ण हुई।

इस प्रकार तैत्तिरीयोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

शं नो मित्रः शं वरुणः । शं नो भवत्वर्यमा । शं न इन्द्रो बृहस्पतिः । शं नो विष्णुरुरुक्रमः । नमो ब्रह्मणे । नमस्ते वायो । त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि । त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि । ऋतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु । तद्वक्तारमवतु । अवतु माम् । अवतु वक्तारम् ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(8) ऐतरेयोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

ऋग्वेद के ऐतरेय आरण्यक के दूसरे आरण्य का चौथा, पाँचवाँ और छठा अध्याय ही यह उपनिषद् है। विख्यात दस या बारह उपनिषदों में ऐतरेयोपनिषद् भी एक है। इसके ऊपर भी शंकराचार्य ने भाष्य लिखा है। महीदास ऐतरेय, जिनका छान्दोग्योपनिषद् (3.16.9) में उल्लेख है, वे इस उपनिषद् के ऋषि हैं।

इस आरण्यक का पूर्व भाग तो वैदिक कर्मोपासना और प्राणोपासना के विषयों से युक्त है। अगर किसी साधक ने निष्ठापूर्वक प्राणोपासना की हो और ठीक तरह से आरण्यक में बताए गए कर्म गंभीरता से किए हों, तो वह ब्रह्मज्ञान के लिए योग्य हो जाता है। इसलिए पहले यह सब बताकर बाद में 4, 5 और 6 इन तीन अध्यायों में यह उपनिषद् कही गई है। इसके तीन अध्याय हैं और पाँच खण्ड हैं। (पहले अध्याय में तीन खण्ड तथा द्वितीय और तृतीय अध्याय में एक-एक खण्ड है)। इनमें कुल 33 मंत्र (कण्डिकाएँ) हैं।

प्रथम अध्याय में आत्मा की ईक्षणपूर्वक सृष्टि, सृष्टिक्रम, लोकपालरचना, इन्द्रियों और उनके अधिष्ठाता देवों की उत्पत्ति, उनका निवास, खाद्य, पश्वादि देहों की देवों द्वारा अस्वीकृति, मनुष्यदेह का स्वीकार, देवों का स्वस्थान प्रवेश आदि विषयों के उपरान्त अन्न की रचना, अन्न का ग्रहण, परमात्मा का शरीर-प्रवेश, जीव का मोह और उसकी निवृत्ति और इन्द्र शब्द की व्युत्पत्ति सम्मिलित है।

द्वितीय अध्याय में पुरुष के तीन जन्म बताए गए हैं और अन्त में वामदेव की उक्ति दी गई है। तीसरे अध्याय में आत्मा सम्बन्धी अनेक प्रश्न किए गए हैं। प्रधान संज्ञक मन के अनेक नाम बाद में बताए गए हैं। तथा प्रज्ञान की सर्वरूपता बताने के साथ आत्मा की एकता को जानने वालों की अमृत की प्राप्ति का वर्णन है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु तद्वक्तारमवत्ववतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् । ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

हे परमात्मन्! मेरी वाणी मन में स्थिर हो तथा मन वाणी में स्थिर हो। हे प्रकाशरूप परमात्मन्, मेरे लिए तुम प्रकट हो। (हे वाणी और हे मन!) तुम मेरे लिए वेदविषयक ज्ञान को लानेवाले हो। मेरा श्रुतज्ञान मेरे से कभी विस्मृत न हो। इस स्वाध्याय से मैं दिनों और रात्रियों को एक कर दूँ। मैं परमसत्य ही बोलूँगा, सत्य ही बोला करूँगा। वह ब्रह्म मेरी रक्षा करे। वह ब्रह्म आचार्य की रक्षा करे, रक्षा करे मेरी और रक्षा करे आचार्य की। ॐ त्रिविध तापों की शान्ति हो।

अथ प्रथमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ आत्मा वा इदमेक एवाग्र आसीत् । नान्यत्किञ्चन मिषत् । स ईक्षत लोकान्नु सृजा इति ॥1॥

ॐ परमात्मा का नामोच्चारण करके उपनिषद् का प्रारंभ होता है। इस जगत् के प्रकट होने से पहले एकमात्र परमात्मा ही था। दूसरा कोई चेष्टा करनेवाला नहीं था। उस परम पुरुष परमात्मा ने 'अवश्य ही मैं लोकों का सर्जन करूँ'—इस प्रकार का विचार किया।

स इमाँल्लोकानसृजत अम्भो मरीचीर्मरमापोऽदोऽम्भः परेण दिवं द्यौः प्रतिष्ठान्तरिक्षं मरीचयः । पृथिवी मरो या अधस्तात्ता आपः ॥2॥

उसने अम्भ (द्युलोक से ऊपर के लोक), मरीची (अन्तरिक्ष), मर (मर्त्यलोक) और आप (पृथ्वी के नीचे के लोक)—इन लोकों की रचना की। जो द्युलोक से परे है और स्वर्ग जिसकी प्रतिष्ठा है, वह 'अम्भ' है। अन्तरिक्ष (भुवर्लोक) 'मरीची' है और जो पृथ्वी के नीचे है, वह 'आप' है।

स ईक्षतेमे नु लोका लोकपालान्नु सृजा इति। सोऽद्भ्य एव पुरुषं समुद्धृत्यामूर्च्छयत् ॥3॥

उसने फिर से संकल्प किया कि 'ये लोक तो तैयार हो गए, अब लोकपालों की रचना करूँ'—ऐसा सोचकर उसने जल में से एक पुरुष को निकालकर मूर्तिमान (अवयववाला) बनाया।

तमभ्यतपत्तस्याभितप्तस्य मुखं निरभिद्यत यथाण्डं मुखाद्वाग्वाचोऽग्निर्नासिके निरभिद्येतां नासिकाभ्यां प्राणः प्राणाद्वायुरक्षिणी निरभिद्येतामक्षिभ्यां चक्षुश्चक्षुष आदित्यः कर्णौ निरभिद्येतां कर्णाभ्यां श्रोत्रं श्रोत्राद्दिशस्त्वङ्निरभिद्यत त्वचो लोमानि लोमभ्य औषधिवनस्पतयो हृदयं निरभिद्यत हृदयान्मनो मनसश्चन्द्रमा नाभिर्निरभिद्यत नाभ्या अपानोऽपानान्मृत्युः शिश्नं निरभिद्यत शिश्नाद्रेतो रेतस आपः ॥4॥

इति प्रथमः खण्डः ॥1॥

परमात्मा ने उस हिरण्यगर्भ पुरुष को लक्ष्य करके संकल्पात्मक तप किया। उस तप से तप्त (प्रभावित) हिरण्यगर्भ के शरीर से प्रथम अण्डे की तरह फूटकर मुख (छिद्र) पैदा हुआ। मुख से वागिन्द्रिय और वागिन्द्रिय से अग्नि पैदा हुआ। बाद में नाक के दो छिद्र प्रकट हुए। नाक के छिद्रों से प्राण पैदा हुआ और प्राण से वायु उत्पन्न हुआ। बाद में आँखों के दो छिद्र उत्पन्न हुए। आँखों के दो छिद्रों से चक्षुरिन्द्रिय प्रकट हुई और नेत्रेन्द्रिय से सूर्य पैदा हुआ। फिर कानों के दो छिद्र उत्पन्न हुए। उन छिद्रों से कर्णेन्द्रिय उत्पन्न हुई। श्रोत्रेन्द्रिय से दिशाएँ प्रकट हुईं। फिर त्वचा उत्पन्न हुई। त्वचा से रोंगटे पैदा हुए। रोंगटों से औषधियाँ और वनस्पतियाँ पैदा हुईं। फिर हृदय उत्पन्न हुआ। हृदय से मन और मन से चन्द्र उत्पन्न हुआ। फिर नाभि प्रकट हुई। नाभि से अपानवायु उत्पन्न हुआ। और अपानवायु से मृत्युदेव पैदा हुए। बाद में लिङ्ग उत्पन्न हुआ। लिंग से वीर्य और वीर्य से जल उत्पन्न हुआ।

(यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।)

द्वितीयः खण्डः

ता एता देवताः सृष्टा अस्मिन्महत्यर्णवे प्रापतंस्तमशनायापिपासाभ्यामन्ववार्जत् । ता एनमब्रुवन्नायतनं नः प्रजानीहि यस्मिन्प्रतिष्ठिता अन्नमदामेति ॥1॥

परमात्मा के द्वारा रचे गए ये सब देव इस संसाररूपी महासागर में जब प्रकट हो गए तब परमात्मा ने उस देवसमुदाय को भूख और प्यास से युक्त कर दिया। तब इन सब देवों ने उससे कहा—"हमारे लिए एक-एक स्थान की व्यवस्था कीजिए, जिसमें रहकर हम अन्न का भक्षण करें।"

ताभ्यो गामानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति। ताभ्योऽश्वमानयत्ता अब्रुवन्न वै नोऽयमलमिति ॥2॥

परमात्मा ने देवताओं के लिए गाय का शरीर दिया। उसे देखकर उन्होंने कहा—"हमारे लिए यह पर्याप्त नहीं है।" उनके ऐसा कहने से परमात्मा ने उनके लिए घोड़े का शरीर बनाया। उसे देखकर भी उन्होंने फिर भी वैसा ही कहा कि "हमारे लिए यह पर्याप्त नहीं है।"

ताभ्यः पुरुषमानयत्ता अब्रुवन् सुकृतं बतेति पुरुषो वाव सुकृतम्। ता अब्रवीद्यथाऽऽयतनं प्रविशतेति ॥3॥

बाद में परमात्मा उनके लिए पुरुष का शरीर बनाया। उसे देखकर वे (देव) बोले—"वाह! वाह! यह तो बहुत सुन्दर बन गया!" सचमुच मनुष्य-शरीर परमात्मा की सुन्दरतम रचना है। फिर देवों से परमात्मा ने कहा—"तुम अपने-अपने योग्य आश्रयों में प्रविष्ट हो जाओ।"

अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशद्वायुः प्राणो भूत्वा नासिके प्राविशदादित्यश्चक्षुर्भूत्वाऽक्षिणी प्राविशद्दिशः श्रोत्रं भूत्वा कर्णौ प्राविशन्नोषधिवनस्पतयो लोमानि भूत्वा त्वचं प्राविशंश्चन्द्रमा मनो भूत्वा हृदयं प्राविशन्मृत्युरपानो भूत्वा नाभिं प्राविशदापो रेतो भूत्वा शिश्नं प्राविशन् ॥4॥

तब अग्नि वागिन्द्रिय बनकर मुख में प्रविष्ट हो गया। वायु प्राण बनकर नासिका में दाखिल हुआ। सूर्य नेत्रेन्द्रिय बनकर अक्षिगोलक में चला गया। दिग्देवताएँ श्रोत्रेन्द्रिय बनकर कानों में प्रविष्ट हुईं। औषधियों और वनस्पतियों के देव रोंगटे बनकर त्वचा में दाखिल हुए। चन्द्रमा मन बनकर हृदय में प्रविष्ट हुआ। मृत्यु अपानवायु बनकर नाभि में प्रविष्ट हुआ। जल वीर्य बनकर लिंग में दाखिल हो गया।

तमशनायापिपासे अब्रूतामावाभ्यामभिप्रजानीहीति। ते अब्रवीदेतास्वेव वां देवतास्वाभजाम्येतासु भागिन्यौ करोमीति। तस्माद्यस्यै कस्यै च देवतायै हविर्गृह्यते भागिन्यावेवास्यामशनायापिपासे भवतः ॥5॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥2॥

तब उस परमात्मा से भूख और प्यास ने कहा—"हमारे लिए भी निवासस्थान की सुविधा कर दीजिए।" यह सुनकर उन दोनों से परमात्मा ने कहा—"तुम दोनों को मैं इन सभी देवताओं में ही भाग प्रदान करता हूँ। (अर्थात् उन्हीं देवों में तुम दोनों भागीदार हो) इसीलिए जिस किसी भी देवता के लिए हवि दी जाती है, उस देवहवि में भूख और प्यास की भागीदारी होती ही है।

(यहाँ द्वितीय खण्ड पूरा हुआ।)

तृतीयः खण्डः

स ईक्षतेमे नु लोकाश्च लोकपालाश्चान्नमेभ्यः सृजा इति ॥1॥

उस परमात्मा ने सोचा कि—"ये लोक और लोकपाल तो हो गए। अब मैं उनके लिए अन्न की रचना करूँ।"

सोऽपोऽभ्यतपत् ताभ्योऽभितप्ताभ्यो मूर्तिरजायत। या वै सा मूर्तिरजायताऽन्नं वै तत् ॥2॥

उसने (परमात्मा ने) जलों को लक्ष्य कर तप किया (अर्थात् परमात्मा ने जलादि पाँच सूक्ष्म महाभूतों को अपने संकल्प द्वारा तपाया—उनमें क्रिया उत्पन्न की)। तपे हुए (क्रियाशील) उन सूक्ष्म महाभूतों में से एक मूर्ति उत्पन्न हुई। वह जो मूर्ति उत्पन्न हुई, वह सचमुच अन्न ही है।

तदेतत्सृष्टं पराङत्यजिघांसत् तद्वाचो जिघृक्षत्तन्नाशक्नोद्वाचा ग्रहीतुम्। स यद्धैनद्वाचाग्रहैष्यदभिव्याहृत्य हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥3॥

उत्पन्न किया गया यह अन्न भोक्ता से विमुख होकर भागने की चेष्टा करने लगा। तब उस पुरुष ने उसे वाणी द्वारा पकड़ने की इच्छा की। परन्तु वह उसे वाणी द्वारा ग्रहण न कर सका। यदि पुरुष ने इसे वाणी द्वारा ग्रहण कर लिया होता, तो आज मनुष्य अवश्य ही (वाणी द्वारा) अन्न का वर्णन करके ही तृप्त (तुष्ट) हो जाता।

तत्प्राणेनाजिघृक्षत् तन्नाशक्नोत्प्राणेन ग्रहीतुम्। स यद्धैनत्प्राणेनाग्रहैष्यदभिप्राण्य हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥4॥

तब उस पुरुष ने उस अन्न को प्राण द्वारा पकड़ना चाहा, परन्तु प्राण के द्वारा भी वह उसे पकड़ नहीं सका। अगर उसने अन्न को प्राण के द्वारा पकड़ लिया होता तो आज मनुष्य अवश्य ही अन्न को सूँघकर ही तृप्त हो जाता।

तच्चक्षुषाऽजिघृक्षत् तन्नाशक्नोच्चक्षुषा ग्रहीतुम्। स यद्धैनच्चक्षुषाऽग्रहैष्यद् दृष्ट्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥5॥

तब उस पुरुष ने अन्न को आँखों से पकड़ना चाहा। परन्तु आँखों से भी वह उसे पकड़ न सका। यदि उसने अन्न को आँखों से पकड़ लिया होता, आज भी मनुष्य अवश्य ही अन्न को आँखों से देखकर ही तृप्त हो जाता।

तच्छ्रोत्रेणाजिघृक्षत् तन्नाशक्नोच्छ्रोत्रेण ग्रहीतुम्। स यद्धैनच्छ्रोत्रेणाग्रहैष्यच्छ्रुत्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥6॥

तब उस पुरुष ने अन्न को श्रोत्र से पकड़ना चाहा। परन्तु श्रोत्रों से भी वह उसे न पकड़ सका। यदि उसने अन्न को श्रोत्र से पकड़ लिया होता आज भी मनुष्य अवश्य ही अन्न को सुनकर ही तृप्त हो जाता।

तत्त्वचाजिघृक्षत् तन्नाशक्नोत्त्वचा ग्रहीतुम्। स यद्धैनत्त्वचाऽग्रहैष्यत्स्पृष्ट्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥7॥

तब उस पुरुष ने अन्न को त्वचा से पकड़ना चाहा। परन्तु त्वचा से भी वह उसे न पकड़ सका।

यदि उसने अन्न को त्वचा से पकड़ लिया होता तो आज भी मनुष्य अवश्य अन्न को स्पर्श करके ही तृप्त हो जाता।

तन्मनसाऽजिघृक्षत् तन्नाशक्नोन्मनसा ग्रहीतुम्। स यद्धैनन्मनसाऽग्रहैष्यद्ध्यात्वा हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥8॥

तब उस पुरुष ने अन्न को मन से पकड़ना चाहा। परन्तु मन से भी वह उसे न पकड़ सका। अगर उसने अन्न को मन से पकड़ लिया होता, तो अवश्य अभी भी मनुष्य अन्न का ध्यान करके ही तृप्त हो जाता।

तच्छिश्नेनाजिघृक्षत् तन्नाशक्नोच्छिश्नेन ग्रहीतुम्। स यद्धैनच्छिश्नेनाग्रहैष्यद्विसृज्य हैवान्नमत्रप्स्यत् ॥9॥

तब उस पुरुष ने अन्न को शिश्न (लिंग) से पकड़ना चाहा। परन्तु शिश्न से (लिंग से) वह उसे न पकड़ सका। अगर उसने अन्न को शिश्न से पकड़ लिया होता, तो आज भी मनुष्य अवश्य अन्न का त्याग करके तृप्त हो जाता।

तदपानेनाजिघृक्षत् तदावयत्। सैषोऽन्नस्य ग्रहो यद्वायुरन्नमायुर्वा एष यद्वायुः ॥10॥

अन्त में उस पुरुष ने अन्न को अपान से ग्रहण कराना चाहा। उस समय उसने पकड़ लिया। वह यह अपानवायु ही अन्न का ग्रहण करनेवाला है। जो वायु अन्न से जीवन की रक्षा करने के रूप में प्रसिद्ध है, वह यही अपानवायु है।

स ईक्षत कथं न्विदं मदृते स्यादिति स ईक्षत कतरेण प्रपद्या इति। स ईक्षत यदि वाचाभिव्याहृतं यदि प्राणेनाभिप्राणितं यदि चक्षुषा दृष्टं यदि श्रोत्रेण श्रुतं यदि त्वचा स्पृष्टं यदि मनसा ध्यातं यद्यपानेनाभ्यपानितं यदि शिश्नेन विसृष्टमथ कोऽहमिति ॥11॥

तब उस परमेश्वर ने सोचा कि निश्चय ही यह मेरे बिना कैसे रहेगा ? इसका विचार करते हुए फिर से उसने सोचा कि यदि इस पुरुष ने मेरे बिना ही केवल वाणी के ही द्वारा बोलने की क्रिया कर ली हो, यदि केवल प्राण से ही सूँघने की क्रिया कर ली हो, यदि केवल आँख से ही देखने की क्रिया कर ली हो, यदि केवल श्रवणेन्द्रिय से ही सुनने की क्रिया कर ली हो, यदि त्वगिन्द्रिय द्वारा स्पर्शन की क्रिया कर ली हो, यदि मन से ही मनन कर लिया हो, यदि अपान के द्वारा अन्नग्रहणादि कर लिया हो और यदि उपस्थ से मूत्रादि का त्याग कर लिया हो, तो फिर मैं कौन हूँ ? यह विचार कर उसने फिर से सोचा कि पैर और सर—इन दो मार्गों में से किस मार्ग से मैं उसमें प्रवेश करूँ ?

स एतमेव सीमानं विदार्यैतया द्वारा प्रापद्यत। सैषा विदृतिर्नाम द्वास्तदेतन्नान्दनम्। तस्य त्रय आवसथास्त्रयः स्वप्नाः अयमावसथोऽयमावसथोऽयमावसथ इति ॥12॥

ऐसा सोचकर उसने इस मनुष्य शरीर की सीमा को ही चीरकर उसके द्वारा शरीर में प्रवेश किया। यह द्वार 'विदृति' नाम से प्रसिद्ध है। वही यह आनन्ददायक ब्रह्मद्वार है। उस परमेश्वर के तीन आश्रयस्थान हैं, तीन स्वप्न हैं, यह (हृदय) आश्रयस्थान, एक यह (परमधाम) आश्रयस्थान और एक यह (ब्रह्माण्ड) आश्रयस्थान है।

स जातो भूतान्यभिव्यैख्यत् । किमिहान्यं वावदिष्यदिति ।
स एतमेव पुरुषं ब्रह्म ततममपश्यदिदमदर्शमिति 3 ॥13॥

मनुष्य-रूप में उत्पन्न हुए उस पुरुष ने पंचमहाभूतों की रचना को चारों ओर से देखा और 'यहाँ दूसरा क्या है ?''—ऐसा कहा। तब उसने इस अन्तर्यामी पुरुष को ही सर्वव्यापी परब्रह्म के रूप में देखा और उसे प्रकट किया। अरे वाह ! बड़े सौभाग्य की बात है कि इस परब्रह्म परमात्मा को मैंने देख लिया।

तस्मादिदन्द्रो नामेदन्द्रो ह वै नाम । तमिदन्द्रं सन्तमिन्द्र इत्याचक्षते परोक्षेण । परोक्षप्रिया इव हि देवाः परोक्षप्रिया इव हि देवाः ॥14॥

इति तृतीयः खण्डः ॥3॥

इत्यैतरेयारण्यके चतुर्थोऽध्यायः ॥4॥

उपनिषत्सु प्रथमोऽध्यायः ।

इसलिए उसका नाम 'इदन्द्र' (इदम् + इन्द्र) हुआ। 'इदन्द्र' नाम से प्रसिद्ध यह है, इसलिए ही ब्रह्मवेत्ता लोग इसे 'इन्द्र' कहते हैं। परोक्षरूप से इसे इन्द्र कहते हैं, क्योंकि देवगण परोक्षप्रिय ही होते हैं, देवगण परोक्षप्रिय ही होते हैं।

(यहाँ तृतीय खण्ड पूरा हुआ।)
यहाँ ऐतरेय उपनिषद् का प्रथम अध्याय समाप्त होता है।

❋

अथ द्वितीयोऽध्यायः

चतुर्थः खण्डः

पुरुषे ह वा अयमादितो गर्भो भवति । यदेतद्रेतस्तदेतत्सर्वेभ्योऽङ्गेभ्यस्तेजःसंभूतमात्मन्येवात्मानं बिभर्ति । तद्यदा स्त्रियां सिञ्चत्यथैनज्जनयति तदस्य प्रथमं जन्म ॥1॥

यह संसारी जीव निश्चयपूर्वक सबसे पहले पुरुष-शरीर में ही वीर्यरूपी गर्भ बनता है। पुरुष में यह जो वीर्य है, वह पुरुष के सभी अंगों से उत्पन्न हुआ तेज है। यह पुरुष पहले अपने स्वरूपभूत इस वीर्यरूप तेज को धारण करता है। बाद में जब वह उसे स्त्री में सिंचित करता है, तब वह गर्भरूप में उत्पन्न होता है। यह उसका पहला जन्म है।

तत् स्त्रिया आत्मभूयं गच्छति । यथा स्वमङ्गं तथा तस्मादेनां न हिनस्ति । साऽस्यैतमात्मानमत्र गतं भावयति ॥2॥

वह गर्भ स्त्री के आत्मभाव को प्राप्त होता है अर्थात् जैसे अपना अंग हो, वैसा ही हो जाता है। इसीलिए वह स्त्री को पीड़ा नहीं पहुँचाता। वह स्त्री अपने शरीर में आए हुए पति के स्वरूप का पालन-पोषण करती है।

सा भावयित्री भावयितव्या भवति । तं स्त्री गर्भं बिभर्ति । सोऽग्र एव कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधिभावयति । स यत्कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधिभावय-

त्यात्मानमेव तद्भावयत्येषां लोकानां सन्तत्या । एवं सन्तता हीमे लोकास्तदस्य द्वितीयं जन्म ॥3॥

गर्भ का पोषण करती हुई स्त्री पालन-पोषण करने योग्य होती है। वह स्त्री (माता) उस गर्भ को प्रसव होने तक धारण करती है। जन्म होने के बाद वह पिता पहले ही कुमार को (जातकर्मादि संस्कारों से) अभ्युदयशील बनाता है—उसकी उन्नति करता है। वह पिता जन्म के बाद कुमार की उन्नति करता है। वह मानों इन लोगों की उन्नति करने से अपनी ही उन्नति करता है। क्योंकि इसी प्रकार ये सब लोग विस्तार को प्राप्त हुए हैं। वह उसका दूसरा जन्म है।

सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते । अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति । स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म ॥4॥

पुत्ररूप में उत्पन्न हुआ उस पिता का ही आत्मा इसी के शुभकर्मों के लिए उसका प्रतिनिधि बना दिया जाता है। इसके बाद, इस पुत्र का यह पिता-रूप दूसरा आत्मा अपना कर्तव्य पूरा करके आयुष्य पूरा होने पर मरने के बाद यहाँ से चला जाता है। यहाँ से जाकर ही फिर से उत्पन्न हो जाता है। वह इसका तीसरा जन्म है।

तदुक्तमृषिणा—गर्भे नु सन्नन्वेषामवेदमहं देवानां जनिमानि विश्वा । शतं मा पुर आयसीररक्षन्नधः श्येनो जवसा निरदीयमिति । गर्भ एवैतच्छयानो वामदेव एवमुवाच ॥5॥

यही बात ऋषि ने कही है—"अहो! मैंने गर्भ में रहकर ही इन देवों के बहुत जन्मों को जान लिया है। तत्त्वज्ञान होने से पहले मुझे सैकड़ों लोहमय शरीरों ने जकड़ रखा था। अब तत्त्वज्ञान के प्रभाव से मैं बाज पक्षी की तरह उन्हें विदीर्ण कर बाहर निकल आया हूँ।'' वामदेव ने गर्भ में शयन करते ही ऐसा कहा था।

स एवं विद्वानस्माच्छरीरभेदादूर्ध्वं उत्क्रम्यामुष्मिन् स्वर्गे लोके सर्वान् कामानाप्त्वामृतः समभवत्समभवत् ॥6॥

इति चतुर्थ खण्डः ॥4॥
इत्यैतरेयारण्यके पञ्चमोऽध्यायः ॥5॥
उपनिषत्सु द्वितीयोऽध्यायः ॥2॥

इस प्रकार जन्म-जन्मान्तर का रहस्य जाननेवाला वह वामदेव ऋषि इस शरीर के नष्ट होने पर, संसार से उठकर, ऊर्ध्व गति द्वारा परमधाम में पहुँच गया। सर्व भोगों को वहाँ प्राप्त कर अमर हो गया। अमर हो गया।

(यहाँ चतुर्थ खण्ड पूरा हुआ।)
यहाँ ऐतरेय उपनिषद् का द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथ तृतीयोऽध्यायः

पञ्चमः खण्डः

कोऽयमात्मेति वयमुपास्महे कतरः स आत्मा येन वा पश्यति येन वा शृणोति येन वा गन्धानाजिघ्रति येन वा वाचं व्याकरोति येन वा स्वादु चास्वादु च विजानाति ॥1॥

हम जिसकी उपासना करते हैं, वह यह आत्मा कौन है ? अथवा मनुष्य जिससे देखता है, अथवा जिससे सुनता है, अथवा जिससे गन्ध को सूँघता है, अथवा जिससे वाणी को स्पष्टरूप से बोलता है, अथवा जिससे स्वादयुक्त या स्वादरहित वस्तु को जानता है, वह आत्मा (प्रथम और द्वितीय अध्यायों में बताए गए आत्माओं में से) कौन-सा है ?

यदेतद्धृदयं मनश्चैतत् । संज्ञानमाज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा दृष्टिर्धृति-र्मतिर्मनीषा जूतिः स्मृतिः संकल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति । सर्वाण्ये-वैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति ॥2॥

यह जो हृदय है वही मन भी है । संज्ञान (चेतन), आज्ञान (प्रभुत्व), विज्ञान, प्रज्ञान, मेधा, दृष्टि, धृति, मति, मनीषा, जूति (रोगादिजनित दुःखवेग), स्मृति, संकल्प, क्रतु, असु (प्राण), काम, वश (स्त्री-संसर्गादि की अभिलाषा)—ये सब प्रज्ञान (स्वच्छ ज्ञानस्वरूप) परमात्मा के ही नाम अर्थात् उसी की सत्ता के बोधक लक्षण हैं ।

एष ब्रह्मैष इन्द्र एष प्रजापतिरेते सर्वे देवा इमानि च पञ्च महाभूतानि पृथिवी वायुराकाश आपो ज्योतींषीत्येतानीमानि च क्षुद्रमिश्राणीव । बीजानीतराणि चेतराणि चाण्डजानि च जारुजानि च स्वेदजानि चोद्भिज्जानि चाश्वा गावः पुरुषा हस्तिनो यत्किञ्चेदं प्राणि जङ्गमं च पतत्रि च यच्च स्थावरं सर्वं तत्प्रज्ञानेत्रं प्रज्ञाने प्रतिष्ठितं प्रज्ञानेत्रो लोकः प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म ॥3॥

यह ब्रह्मा है, यह इन्द्र है, यही प्रजापति है । ये सभी देवता और पृथ्वी, वायु, आकाश, जल और तेज—ये पाँच महाभूत हैं । (यह प्रज्ञानरूप आत्मा ही) क्षुद्र जीवों के साथ उनके बीज (कारण) और अन्य अण्डज, जरायुज, स्वेदज, उद्भिज, घोड़े, गायें, मनुष्य एवं हाथी हैं । इसके अतिरिक्त और जो कुछ भी जंगम है, आकाश में उड़नेवाले (पतत्रि) हैं, और वृक्षपर्वतादि स्थावर हैं—ये सब प्रज्ञानेत्र और प्रज्ञान में ही (निरुपाधिक चैतन्य में ही) स्थित हैं । यह समस्त ब्रह्माण्ड प्रज्ञास्वरूप परमात्मा से ही ज्ञानशक्ति से सम्पन्न हुआ है । प्रज्ञास्वरूप परमात्मा ही इस स्थिति का आधार है । अर्थात् प्रज्ञान ही इस स्थिति के केन्द्र में है । इसलिए प्रज्ञान ही ब्रह्म है ।

स एतेन प्रज्ञेनात्मनास्माल्लोकादुत्क्रम्यामुष्मिन् स्वर्गे लोके सर्वान् कामानाप्त्वामृतः समभवत्समभवत् । इत्योम् ॥4॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥5॥
इत्यैतरेयारण्यके षष्ठोऽध्यायः ॥6॥
उपनिषत्सु तृतीयोऽध्यायः ॥3॥
इत्यैतरेयोपनिषत्समाप्ता ।

वह इस लोक से ऊपर उठकर उस परमधाम में उस प्रज्ञानस्वरूप परमात्मा के साथ सभी दिव्य भोगों को भोग कर अमर हो गया, अमर हो गया ।

(यहाँ पञ्चम खण्ड पूरा हुआ ।)

यहाँ ऐतरेय उपनिषद् का तृतीय अध्याय समाप्त होता है ।

इस प्रकार ऐतरेयोपनिषत् समाप्त होती है ।

❀

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि । वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिष्यामि । सत्यं वदिष्यामि । तन्मामवतु तद्वक्तारमवत्ववतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम् ।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❀

(9) छान्दोग्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

सामवेदान्तर्गत यह उपनिषद् सामवेद के छान्दोग्य ब्राह्मण से सम्बद्ध है। छान्दोग्य ब्राह्मण के कुल मिलाकर दस अध्याय हैं। उनमें से अन्तिम आठ अध्याय से यह उपनिषद् बनी हुई है। इस उपनिषद् का नाम 'छन्दस्' शब्द से निष्पन्न हुआ है। 'छन्दस्' सामवेद का नाम है। जो पुरुष उस 'छन्दस्' का गान करते हैं, उन्हें 'छन्दोगा' कहा जाता है। उन छन्दागाओं के गानविषय और श्रद्धाविषय होने से इस उपनिषद् का नाम 'छान्दोग्योपनिषद्' पड़ा है।

छान्दोग्योपनिषद् के सभी अध्याय महत्त्वपूर्ण हैं। पहले पाँच अध्याय उपासना (ध्यान-पद्धति) के विषय के हैं, अर्थात् वे द्वैतपरक हैं। और बाद के तीन अध्याय ब्रह्मपरक हैं। अर्थात् वे बहुधा अद्वैतपरक हैं। उपासना सम्बन्धी अध्यायों का हेतु चित्तशुद्धि पर जोर देने का है। जब चित्त विशुद्ध हो तभी ब्रह्मोपदेश प्रभावी हो सकता है।

प्राचीनतम उपनिषदों में छान्दोग्योपनिषद् का महत्त्वपूर्ण स्थान है। उपनिषद् में कही गई विषयानुरूप रसमय कहानियाँ, सरल भाषा, विषय का गांभीर्य आदि सामान्य जनों में भी इस उपानषद् की उपादेयता को बढ़ा देते हैं। यह उपनिषद् सामान्य जनों को भी प्रेम से सत्पथ बताने में समर्थ है।

उपनिषद् का प्रारंभ ही मनुष्यों को आध्यात्मिक उन्नति के उपदेश से होता है। यहाँ मनुष्य के लिए दो मार्ग बताए हैं। एक तो वैदिक विधिविधानों का अनुष्ठान और दूसरा शास्त्रविहित ब्रह्मोपासना। छान्दोग्योपनिषद् का कहना है कि ज्यादातर लोग तो पहला मार्ग ही पसंद करेंगे क्योंकि इन्द्रियातीत ब्रह्म का विचार उनकी पहुँच के बाहर का ही होता है। अवाङ्मनसगोचर ब्रह्म उनके लिए कुछ नहीं है। उनमें बहुत-सी इच्छाएँ होती हैं, और इच्छाओं की पूर्ति से ही वे खुश होते हैं। और उस इच्छापूर्ति के लिए वैदिक विधियों का अनुष्ठान सीधा सा उपाय है ही।

पर उपनिषदें तो डंके की चोट कहती हैं कि ये 'धन-दौलत, सौन्दर्य, स्वास्थ्य, सत्ता और स्वर्ग भी स्थायी नहीं है, और वैदिक अनुष्ठान तो सिर्फ यही दे सकते हैं। यदि तुम शाश्वत आनन्द चाहते हो, तो वह तो इच्छाओं की अर्थात् संसार-बन्धनों की मुक्ति से ही मिल सकता है। और ऐसी मुक्ति तो केवल आत्मा के ज्ञान से ही हो सकती है। वैदिक विधियों में रचे-पचे लोगों के लिए यह उपनिषदों का आह्वान है। श्वेताश्वतरोपनिषद् की यह घोषणा ध्यानार्ह है—"तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यते अयनाय।"

छान्दोग्योपनिषद् की भी यही चेतावनी है। चेतावनी देकर वह आत्मज्ञान की ओर हमारा ध्यान खींचती है। इस मार्गदर्शन के प्रथम सोपान में वह उद्गीथ का उपदेश करती है। अर्थात् 'ओम्' के रटन की बात करती है। यह उपासना की एक पद्धति है। मनोनिग्रह के लिए उपयुक्त उपासना-पद्धति का यह एक भाग है। हमारा लक्ष्य तो आत्मज्ञान ही है, परन्तु उसके पहले मनोनिग्रह करने के लिए कुछ उपासनाएँ करना अनिवार्य है, इस उपनिषद् का यही उपदेश है।

उपनिषद् हमें उपासना (विद्या) और यज्ञविधियों का अनुष्ठान (अविद्या) दोनों का एक साथ आचरण करने की भी सूचना देता है। यह क्रमिक मुक्ति का मार्ग है।

पहले पाँच अध्याय उपासनापरक (द्वैतपरक) हैं, किन्तु बाद के तीन अध्याय तो ब्रह्म के सिवा कुछ बात नहीं करते। वेदान्त का कोई भी तत्त्व ऐसा नहीं है, जो इसमें शामिल न किया गया हो। छान्दोग्योपनिषद् वेदान्त का एक कोश ही है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु।
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

ॐ हे परब्रह्म परमात्मा! मेरे सभी अंग—वाणी, प्राण, नेत्र, कर्ण और सभी इन्द्रियाँ और शक्ति परिपुष्ट हों। यह जो सर्वरूप उपनिषत्प्रतिपादित ब्रह्म है, उस ब्रह्म का मैं अस्वीकार न करूँ। और ब्रह्म भी मेरा त्याग न करे। उसके साथ मेरा अटूट सम्बन्ध बना रहे। उपनिषद् में प्रतिपादित जो धर्मसमुदाय है, वे सभी परमात्मा में रत हममे प्रविष्ट हों, वे सभी धर्म हमारे में हों।

ॐ हे परमात्मा! त्रिविध तापों की शान्ति हो।

अथ प्रथमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत। ओमिति ह्युद्गायति तस्योपव्याख्यानम्॥1॥

'ॐ' यह अक्षर उद्गीथ है। इसकी उपासना करनी चाहिए। 'ॐ' ऐसा उच्चारण करके यज्ञ में उद्गाता उच्च स्वर से सामगान करता है। उस उद्गीथोपासना की यहाँ व्याख्या की जाती है।

एषां भूतानां पृथिवी रसः, पृथिव्या आपो रसः। अपामोषधयो रस ओषधीनां पुरुषो रसः। पुरुषस्य वाग्रसो वाच ऋग्रस ऋचः साम रसः साम्न उद्गीथो रसः॥2॥

इन चराचर भूतों का रस (सार) पृथ्वी है, पृथ्वी का रस (सार) जल है, जल का रस (सार) औषधियाँ हैं, औषधियों का (अन्नादि का) रस (सार) पुरुष है। पुरुष का सार वाणी है, वाणी का सार ऋचा है। ऋचाओं का रस (सार) साम है और सामवेद का रस (सारसत्त्व) यह उद्गीथ (ओंकार) है।

स एष रसानाꣳ रसतमः परमः परार्ध्योऽष्टमो य उद्गीथः॥3॥

जो यह आठवाँ ओंकार है, वह सारभूत वस्तुओं का सार है, अतिश्रेष्ठ है, परमात्मस्थानीय है।

कतमा कतमर्क्कतमत्कतमत्साम कतमः कतम उद्गीथ इति विमृष्टं भवति ॥4॥

कौन-कौन-सी ऋचा है, कौन-कौन-सा सामवेद है, कौन-कौन-सा उद्गीथ है ?—इसका विचार किया जा रहा है।

वागेवर्क् प्राणः सामोमित्येतदक्षरमुद्गीथः । तद्वा एतन्मिथुनं यद्वाक् च प्राणश्चर्क् च साम च ॥5॥

वाणी ही ऋचा है और प्राण ही सामवेद है। इस प्रकार यह अक्षर ॐ (ओंकार) उद्गीथ है। यह जो ऋक् और सामरूप वाणी और प्राण हैं, वे परस्पर मिथुन (युगल) हैं।

तदेतन्मिथुनमोमित्येतस्मिन्नक्षरे सꣳसृज्यते। यदा वै मिथुनौ समागच्छत आपयतो वै तावन्योन्यस्य कामम् ॥6॥

जब यह जोड़ा (युगल) 'ओम्' इस अक्षर के साथ जुड़ जाता है, जिस समय उस युगल के अवयव परस्पर जुड़ जाते हैं, तब निश्चय ही वे दोनों संयोग करते हैं और एक-दूसरे के मनोरथ को पूर्ण करते हैं।

आपयिता ह वै कामानां भवति य एतदेवं विद्वानक्षरमुद्गीथमुपास्ते ॥7॥

जो विद्वान् पुरुष इस अविनाशी ॐकार का इस प्रकार निश्चित रूप से सेवन करता है, वह अवश्य हा यजमान के मनोरथों को पूर्ण करनेवाला होता है।

तद्वा एतदनुज्ञाक्षरं यद्धि किंचानुजानात्योमित्येव तदाहैषो एव समृद्धिर्यदनुज्ञा समर्धयिता ह वै कामानां भवति । य एतदेवं विद्वानक्षरमुद्गीथमुपास्ते ॥8॥

यह वह ओंकार ही अनुज्ञा (स्वीकार) सूचक शब्द है। क्योंकि मनुष्य किसी को जब कोई अनुमति देता है, तब 'ओम्' ('हाँ') ऐसा ही कहता है। यह जो अनुज्ञा (स्वीकार) है, वही समृद्धि (संपदा) है। इस प्रकार जाननेवाला जो पुरुष उद्गीथ की उपासना करता है, वह अवश्य ही सभी कामनाओं को पूर्ण करनेवाला होता है।

तेनेयं त्रयी विद्या वर्तते ओमित्याश्रावयत्योमिति शꣳ सत्योमित्युद्गायत्येतस्यैवाक्षरस्यापचित्यै महिम्ना रसेन ॥9॥

इस अक्षर से ही ये (ऋग्वेदादि) तीन विद्याएँ प्रवृत्त होती हैं। 'ओम्' ऐसा कहकर ही अध्वर्यु (यजुर्वेदी ऋत्विज्) देवता या यजमान को सुनाता है। 'ओम्' कहकर ही होता (ऋग्वेदी ऋत्विज्) प्रशंसा करता है। और 'ॐ' शब्द बोलकर ही उद्गाता (सामवेदी ऋत्विज्) उद्गान करता है। इस अक्षर की (ॐकार की) पूजा के लिए ही (अर्थात् ॐकाररूप परब्रह्म के महत्त्व के लिए ही) ऋत्विज (यजमानादि) से और यव, अक्षत, घी आदि होम द्रव्यों से सभी यज्ञादि कर्म सम्पन्न होते हैं।

तेनोभौ कुरुतो यश्चैतदेवं वेद यश्च न वेद। नाना तु विद्या चाविद्या च यदेव विद्यया करोति श्रद्धयोपनिषदा तदेव वीर्यवत्तरं भवतीति खल्वेतस्यैवाक्षरस्योपव्याख्यानं भवति ॥10॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

और जो पुरुष इस ओंकार अक्षर को इस तरह भलीभाँति जानता है और जो नहीं भी जानता—ये दोनों ओंकार का उच्चारण करके यज्ञादि कर्म के अधिकारी हैं। पर जो ज्ञानी ओंकार के रहस्य को समझकर यज्ञादि कर्म करते हैं, उनका यह कर्म विशेष फलप्रद होता है, क्योंकि विद्या अलग बात है और अविद्या भी अलग बात है। दोनों का फल भी अलग ही है। इसलिए जो मनुष्य विद्या, श्रद्धा और भक्ति से कर्म करता है, उसका फल अधिक होता है। इस प्रकार यह (ओंकार अक्षर का) व्याख्यान है।

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ।)

द्वितीयः खण्डः

देवासुरा ह वै यत्र संयेतिर उभये प्राजापत्यास्तद्ध देवा उद्गीथमाजह्रुरनेनैनानभिभविष्याम इति ॥1॥

जिस समय प्रजापति की दो सन्तति—देव और असुर (श्रेष्ठता के लिए) एक-दूसरे के साथ झगड़ने लगीं, तब देवों ने ओंकार को अंगीकार किया और माना कि इस 'ओम्' के द्वारा हम असुरों को पराजित करेंगे। (इस रूपकात्मक मंत्र में देव - सात्त्विक मनोवृत्तियों का और असुर - तामसी मनोवृत्तियों का प्रतीक है—अब आगे से लक्ष्यार्थ ही लेंगे)।

ते ह नासिक्यं प्राणमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तꣳहासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्तेनोभयं जिघ्रति सुरभि च दुर्गन्धि च पाप्मना ह्येष विद्धः ॥2॥

वे इन्द्रियों की सात्त्विक वृत्तियाँ (वे देव) नासिका सम्बन्धी प्राणचैतन्य रूप उद्गीथ की ही उपासना करने लगीं। और तामसवृत्तिरूप असुरों ने उस प्राणचैतन्य को स्पर्श करके अशुद्ध कर ही दिया। इसीलिए उसी पाप से जीव सुगन्ध और दुर्गन्ध—दोनों को सूँघता है। क्योंकि यह नासिक्याभिमानी देवता पाप से भी स्पृष्ट हो गया है।

अथ ह वाचमुद्गीथमुपासांचक्रिरे ताꣳहासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्तयोभयं वदति सत्यं चानृतं च पाप्मना ह्येषा विद्धा ॥3॥

अब सात्त्विक वृत्तिरूप देव, वाणीस्थित चैतन्य की ओंकार के रूप में उपासना करने लगे। पर तामसवृत्तिरूप असुरों ने उसे भी (वाणीस्थित प्राणचैतन्य को भी) पाप से स्पर्श (संसर्ग) कर दिया—अशुद्ध बना दिया। इसीलिए यह जीव उससे (वाणी से) सत्य और असत्य बोला करता है।

अथ ह चक्षुरुद्गीथमुपासांचक्रिरे तद्धासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्तेनोभयं पश्यति दर्शनीयं चादर्शनीयं च पाप्मना ह्येतद्विद्धम् ॥4॥

फिर उन्होंने चक्षु के रूप में उद्गीथ की उपासना की। तामसीवृत्तिरूपी असुरों ने उसे भी पाप-संसर्ग से विद्ध (अशुद्ध) कर दिया। इसीलिए मनुष्य देखने योग्य को भी देखता है और न देखने योग्य वस्तु को भी देखता है।

अथ ह श्रोत्रमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तद्धासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्तेनोभयꣳ शृणोति श्रवणीयं चाश्रवणीयं च पाप्मना ह्येतद्विद्धम् ॥5॥

फिर उन्होंने श्रोत्र के रूप में उद्गीथ की उपासना की। तामसवृत्तिरूप असुरों ने उसे भी पाप से (संसर्ग से) बींध डाला (अशुद्ध कर दिया)। इसलिए मनुष्य उस (श्रोत्र) से सुनने योग्य और न सुनने योग्य बातों को सुनता है। क्योंकि श्रोत्रेन्द्रिय भी स्पर्श के पाप से दोषयुक्त है।

अथ ह मन उद्गीथमुपासांचक्रिरे तद्धासुराः पाप्मना विविधुस्तस्मात्ते-
नोभयꣳ संकल्पयते संकल्पनीयं चासंकल्पनीयं च पाप्मना ह्येत-
द्विद्धम् ॥6॥

फिर उन्होंने मन के रूप में उद्गीथ की उपासना की। पूर्वोक्त असुरों ने उसे भी पाप से बींध डाला। इसी से मनुष्य संकल्प करने योग्य और संकल्प न करने योग्य दोनों का ही संकल्प किया करता है। क्योंकि यह मन भी पाप से दूषित ही है।

अथ ह य एवायं मुख्यः प्राणस्तमुद्गीथमुपासांचक्रिरे तꣳहासुरा ऋत्वा
विदध्वꣳसुर्यथाश्मानमाखणमृत्वा विध्वꣳसेत् ॥7॥

और उसके बाद जो यह मुखस्थ प्राणचैतन्य है, उसकी वे सात्त्विक वृत्तिरूपी देव, उद्गीथ—ओंकार के रूप में उपासना करने लगे। परन्तु उसे पाकर (स्पर्श करके) वे तामस वृत्तिरूप असुर (स्वयं) नष्ट हो गए। जैसे कठिन पत्थर को पाकर अर्थात् इससे टकराकर (मिट्टी का बरतन) फूट जाता है।

एवं यथाश्मानमाखणमृत्वा विध्वꣳसत एवꣳ हैव स विध्वꣳसते य
एवंविदि पापं कामयते यश्चैनमभिदासति स एषोऽश्माखणः ॥8॥

जो पुरुष इस प्राणज्ञाता पुरुष के प्रति पाप करना चाहता है, और जो इस प्राणवेत्ता को दुःख देता है, वह उसी प्रकार पूर्णतः नष्ट हो जाता है जिस प्रकार कठिन पत्थर पर गिरकर (मिट्टी का बरतन) नष्ट हो जाता है। क्योंकि ऐसा यह प्राणवेत्ता कठिन पत्थर जैसा (अविकारी ब्रह्मरूप) होता है।

नैवैतेन सुरभि न दुर्गन्धि विजानात्यपहतपाप्मा ह्येष तेन यदश्नाति
यत्पिबति तेनेतरान् प्राणानवति एतमु एवान्ततोऽविꣳत्वोत्क्रामति
व्याददात्येवान्तत इति ॥9॥

तामसवृत्ति से अविद्ध और नष्ट हुए पापवाला यह मुख्य प्राण इस नासिका से सुगन्ध और दुर्गन्ध को नहीं जानता और इसी विशुद्ध प्राण से पुरुष जो कुछ खाता और जो कुछ पीता है, उससे अन्य नासिकादि में स्थित देवताओं का ठीक तरह से पालन करता है। इस खानपान को बिना प्राप्त किए मरणसमय पर नासिकादि स्थित देवसमूह भागने लग जाते हैं। इसीलिए मरणसमय पर पुरुष अपना मुँह खोलकर चौड़ा कर देता है।

तꣳहाङ्गिरा उद्गीथमुपासांचक्र एतमु एवाङ्गिरसं मन्यन्तेऽङ्गानां
यद्रसः ॥10॥

इस मुख्य प्राण की ही अंगिरा ने उद्गीथ मानकर (ब्रह्म समझकर) उपासना की। इस मुख्य प्राण को 'आंगिरस' कहते हैं क्योंकि वह अंगों का रस है।

तेन तꣳह बृहस्पतिरुद्गीथमुपासांचक्र एतमु एव बृहस्पतिं मन्यन्ते
वाग्घि बृहती तस्या एष पतिः ॥11॥

वाणी 'बृहती' (बड़ी) है। अतः यह बृहस्पति वाणी का स्वामी है। इसलिए इस मुख्य प्राण की ओंकाररूप से बृहस्पति उपासना करने लगे। इसीलिए ऋषि लोग इस मुख्य प्राण को बृहस्पति मानते हैं।

तेन तꣳहायास्य उद्गीथमुपासांचक्र एतमु एवायास्यं मन्यन्त
आस्याद्यदयते ॥12॥

आयास्य (नामक) ऋषि मुख से उत्पन्न हुए हैं। इसीलिए उस मुख्य प्राण की ही ओंकाररूप में उपासना करने लगे और उस मुख्य प्राण को इसीलिए ही मुनि लोग 'आयास्य' इस नाम से जानते हैं।

तेन तꣳह बको दाल्भ्यो विदांचकार। स ह नैमिषीयानामुद्गाता बभूव
स ह स्मैभ्यः कामानागायति ॥13॥

दल्भ्य ऋषि का पुत्र बक ऋषि उस मुख्य प्राण को अच्छी तरह जानता था। उसकी उपासना करने से बक ऋषि नैमिष क्षेत्र के यज्ञकर्ता ऋषियों का उद्गाता बना था। उसी उद्गाता बक ऋषि ने यज्ञकर्त्ता उन ऋषियों के मनोरथ पूर्ण किए थे।

आगाता ह वै कामानां भवति य एतदेवं विद्वानक्षरमुद्गीथमुपास्त
इत्यध्यात्मम् ॥14॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

जो पुरुष इस प्रकार मुख्य प्राण को जाननेवाला है और इस अविनाशी ओंकार की उपासना करता है, वह सब मनोरथों को अवश्य ही पूर्ण करनेवाला होता है। इस प्रकार यह अध्यात्मविद्या समाप्त हुई।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

अथाधिदैवतं य एवासौ तपति तमुद्गीथमुपासीतोद्यन्वा एष प्रजाभ्य
उद्गायति उद्यꣳस्तमो भयमपहन्त्यपहन्ता ह वै भयस्य तमसो भवति य
एवं वेद ॥1॥

अब देवताविषयक उद्गीथ की उपासना का प्रारंभ होता है। यह जो सूर्य उदय होकर प्रत्यक्ष तपता है और जो यह उदय होता हुआ सूर्य प्रजा (कल्याण) के लिए उद्गीथ गाता है और जो उदित होकर अन्धकार और उसके भय को दूर करता है, उसी सूर्य की ओंकाररूप से उपासना करनी चाहिए। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है, वही संसार के भय का और अज्ञान का निश्चयपूर्वक नाश करनेवाला होता है।

समान उ एवायं चासौ चोष्णोऽयमुष्णोऽयं स्वर इतीममाचक्षते स्वर
इति प्रत्यास्वर इत्यमुं तस्माद्वा एतमिममुं चोद्गीथमुपासीत ॥2॥

इस शरीर में स्थित प्राण और सूर्यस्थ प्राण—दोनों समान हैं। और जैसे इस शरीर में स्थित प्राण उष्ण है, वैसे ही सूर्यस्थित प्राण भी उष्ण है। जैसे इस शरीर में स्थित प्राण को लोग 'स्वर' कहते हैं, वैसे ही सूर्यस्थ प्राण को भी लोग 'प्रत्यास्वर' कहते हैं। इसलिए इस शरीर में स्थित प्राण में और सूर्यस्थ प्राण में उद्गीथ की - ओंकाररूप की उपासना करनी चाहिए।

अथ खलु व्यानमेवोद्गीथमुपासीत यद्वै प्राणिति स प्राणो यदपानिति सोऽपानः । अथ यः प्राणापानयोः सन्धिः स व्यानो यो व्यानः सा वाक् तस्मादप्राणन्नपानन्वाचमभिव्याहरति ॥3॥

इसके बाद व्यानरूप उद्गीथ की उपासना करनी चाहिए। पुरुष जिस वायु का प्राणन करता है (मुख-नासिका द्वारा वायु को बाहर निकालता है) वही 'प्राण' है और जिस वायु को भीतर खींचता है, वही 'अपान' है। और जो वायु प्राण-अपान की संधि है, वही 'व्यान' है। जो व्यान है, वह वाणी है। अतः प्राणक्रिया नहीं करनेवाला और अपानक्रिया नहीं करनेवाला होने पर भी पुरुष वाणी को बोलता है।

या वाक्सर्क्तस्मादप्राणन्नपानन्नृचमभिव्याहरति यर्क्तत्साम तस्माद-प्राणन्नपानन्साम गायति यत्साम स उद्गीथस्तस्मादप्राणन्नपानन्नु-द्गायति ॥4॥

जो वाणी है, वही ऋचा है। अतः प्राणव्यापार को रोकता हुआ, अपानव्यापार को रोकता हुआ पुरुष ऋचा का उच्चारण करता है। जो ऋचा है, वही सामवेद है। अतः प्राणव्यापार को रोकता हुआ, और अपानव्यापार को रोकता हुआ पुरुष साम गाता है। जो साम है, वही उद्गीथ है। अतः प्राणव्यापार को रोकता हुआ और अपानव्यापार को रोकता हुआ पुरुष व्यान के द्वारा उद्गीथ-गान करता है।

अतो यान्यन्यानि वीर्यवन्ति कर्माणि यथाग्नेर्मन्थनमाजेः सरणं दृढस्य धनुष आयमनमप्राणन्नपानꣳस्तानि निकरोत्येतस्य हेतोर्व्यानमेवो-द्गीथमुपासीत ॥5॥



इसीलिए ऐसे जो अन्य प्रबल कार्य हैं, जैसे—अग्निमंथन, कुछ हद तक दौड़ना, मजबूत धनुष का खींचना आदि। ऐसे जो कर्म हैं, उन्हें प्राणव्यापार को रोकता हुआ और अपानव्यापार को रोकता हुआ पुरुष व्यान के द्वारा कर सकता है। इसलिए व्यान की ही ओंकार के रूप में उपासना करनी चाहिए।

अथ खलूद्गीथाक्षराण्युपासीतोद्गीथ इति प्राण एवोत्प्राणेन ह्युत्तिष्ठति वाग्गीर्वाचो ह गिर इत्याचक्षतेऽन्नं थमन्ने हीदꣳ सर्वꣳ स्थितम् ॥6॥

इसके बाद उद्गीथ के अक्षरों की उपासना करनी चाहिए। 'उद्गीथ' पद में 'उत्' अक्षर का अर्थ मुख्य प्राण है, क्योंकि प्राणवायु से पुरुष उठता है। 'गी' अक्षर का अर्थ वाणी है। गिरा को ही वाणी कहा जाता है। 'थम्' अक्षर का अर्थ अन्न होता है। अन्न में ही यह सारा जगत् स्थित है।

द्यौरेवोदन्तरिक्षं गीः पृथिवी थमादित्य एवोद्वायुर्गीरग्निस्थꣳ सामवेद एवोद्यजुर्वेदो गीर्ऋग्वेदस्थं दुग्धेऽस्मै वाग्दोहं यो वाचो दोहोऽन्न-वानन्नादो भवति य एतान्येवं विद्वानुद्गीथाक्षराण्युपास्त उद्गीथ इति ॥7॥

'उत्' अक्षर ही स्वर्ग है, 'गी' अक्षर आकाश है, 'थम्' अक्षर पृथ्वी है। 'उत्' अक्षर ही आदित्य है, 'गी' अक्षर वायु है, 'थम्' अक्षर अग्नि है। 'उत्' अक्षर ही सामवेद है, 'गी' अक्षर यजुर्वेद है और 'थ' अक्षर ऋग्वेद है। वाणी का फल जो मोक्ष है, ऐसा वाणी का फल इस प्रकार के उपासक को

वह उपासना देती है। जो उपासक उक्त प्रकार से उद्गीथ के इन अक्षरों को जानकर उपासना करता है, वह अन्नसम्पत्ति और भोगशक्तिवाला होता है। इस प्रकार उद्गीथ की यह उपासना है।

अथ खल्वाशीः समृद्धिरुपसरणानीत्युपासीत येन साम्ना स्तोष्यन्स्या-त्तत्सामोपधावेत् ॥8॥

इसके बाद अच्छी तरह जो फलसिद्धि होती है, वह बताते हैं। जो ध्येय-ध्यान करने योग्य है, उसकी इस तरह उपासना करनी चाहिए। अर्थात् जिन सामवेदमंत्रों से स्तुति करता हुआ मनुष्य हो (स्तुति करना चाहता हो), साधक उस मंत्र का प्रथम चिन्तन करे।

यस्यामृचि तामृचं यदार्षेयं तमृषिं यां देवतां तामभिष्टोष्यन्स्यात्तां देवतामुपधावेत् ॥9॥

साधक सामवेद की बहुत-सी ऋचाओं में से जिस विशिष्ट ऋचा द्वारा स्तुति करना चाहता हो उसका उसे पहले चिन्तन करना चाहिए। फिर उस ऋचा के ऋषि (द्रष्टा) जो हो, उसका चिन्तन करना चाहिए और उस मंत्र के देवता का भी चिन्तन करना चाहिए।

येन च्छन्दसा स्तोष्यन्स्यात् तच्छन्द उपधावेद्येन स्तोमेन स्तोष्यमाणः स्यात्तꣳ स्तोममुपधावेत् ॥10॥

साधक गायत्र्यादि जिस छन्द से स्तुति करनेवाला हो, उस छन्द का चिन्तन-उसे करना चाहिए। जिस स्वर से वह स्तुति करनेवाला हो उस स्वर का भी चिन्तन कर लेना चाहिए (अर्थात् उनकी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए)।

यां दिशमभिष्टोष्यन्स्यात्तां दिशमुपधावेत् ॥11॥

उद्गीथोपासक जिस दिशा की स्तुति करनेवाला हो, उस दिशा के अभिमानी देव का भी उसे चिन्तन कर लेना चाहिए।

आत्मानमन्तत उपसृत्य स्तुवीत कामं ध्यायन्नप्रमत्तोऽभ्याशो ह यदस्मै स कामः समृद्ध्येत यत्कामः स्तुवीतेति यत्कामः स्तुवीतेति ॥12॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

सावधान होकर अपने मनोरथ का चिन्तन करता हुआ वह उद्गाता साधक, अन्त में अपने आत्मा का चिन्तन करते हुए स्तुति करता है। जिस फल की इच्छा से वह स्तुति करता है, वह फल उसे अवश्य ही मिलता है (तत्काल मिलता है)।

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत । ओमिति । ह्युद्गायति तस्योपव्याख्यानम् ॥1॥

'ॐ यह अक्षर उद्गीथ है।'—इस प्रकार इसकी उपासना करनी चाहिए। 'ॐ' का उच्चारण करके ही उद्गाता यज्ञ में उपगान करता है। यहाँ उस उद्गीथोपासना की व्याख्या की जाती है।

देवा वै मृत्योर्बिभ्यतस्त्रयीं विद्यां प्राविशꣳस्ते छन्दोभिरच्छादयन्यदे-भिरच्छादयꣳस्तच्छन्दसां छन्दस्त्वम् ॥2॥

एक बार इन्द्रियों की सात्त्विक वृत्तिरूप देवों ने तामस वृत्तिरूप मृत्यु के संसर्गजन्य पाप से डरकर वेदत्रयी में प्रवेश किया (वेदों की शरण में गए)। वेदों ने उन्हें छन्दों से ढँक दिया। उसी से (आच्छदन से) छन्दों का छन्दस्त्व है (छन्दों का छन्द नाम अन्वर्थक है)।

तानु तत्र मृत्युर्यथा मत्स्यमुदके परिपश्येदेवं पर्यपश्यदृचि साम्नि यजुषि।
ते नु विदित्त्वोर्ध्वा ऋचः साम्नो यजुषः स्वरमेव प्राविशन् ॥3॥

(माछीमार) जिस तरह पानी में मछली को देखता है, इसी प्रकार तमोगुणवृत्तिरूपी मृत्यु ने वहाँ (ऋक्, यजुस्, साम सम्बन्ध कर्मों में) उन सात्त्विक वृत्तिरूपी देवों को देखा। वे देव (सात्त्विक वृत्तियाँ) मृत्यु की कामना को जानकर, ऋक्-यजुस्-साम के कर्मों से उपरत हो गए (निवृत्त हो गए) और ॐकार की शरण में गए।

यदा वा ऋचमाप्नोत्योमित्येवातिस्वरत्येवꣳ सामैवं यजुरेष उ स्वरो
यदेतदक्षरमेतदमृतमभयं तत्प्रविश्य देवा अमृता अभया अभवन् ॥4॥

जब उपासक ऋग्वेद के मन्त्रों को 'ॐ'—इस प्रकार प्राप्त होता है, तब इस तरह 'ओम्' (ॐ)—ऐसा बोलकर सामवेद के और यजुर्वेद के मन्त्रों का उच्चारण करता है, सब यह 'ॐ' स्वर (स्वतंत्र) है। क्योंकि वह अक्षररूप है, इसीलिए मृत्युहीन है। इसलिए ॐरूप ब्रह्म को प्राप्त करके सात्त्विक वृत्तिरूप द्रेव अमर और अभय हो गए।

स य एतदेवंविद्वानक्षरं प्रणौत्येतदेवाक्षरꣳ स्वरममृतमभयं प्रविशति
तत्प्रविश्य यदमृता देवास्तदमृतो भवति ॥5॥
इति चतुर्थः खण्डः ॥

जो पुरुष पूर्वोक्तानुसार इस 'ॐ' अक्षर को जानता हुआ उपासना करता है, वह पुरुष अमर और अभयरूप स्वर को (अर्थात् ॐकार को) प्राप्त होता है। क्योंकि सात्त्विक वृत्तिरूप देवलोग ॐकार का ध्यान करके अमर और अभय हो गए। अतः जो पुरुष ओंकार की उपासना करता है, वह अमर और अभय हो जाता है।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

अथ खलु य उद्गीथः स प्रणवो यः प्रणवः स उद्गीथ इत्यसौ वा
आदित्य उद्गीथ एष प्रणव ओमिति ह्येष स्वरन्नेति ॥1॥

पूर्वोक्तानुसार सचमुच जो उद्गीथ है वह प्रणव है और जो प्रणव है वह उद्गीथ है। इस तरह यह प्रत्यक्ष सूर्य भी उद्गीथ है, वही प्रणव है। क्योंकि यह सूर्य ॐ ॐ ऐसे बोलता हुआ ही उदित होता है।

एतमु एवाहमभ्यगासिषं तस्मान्मम त्वमेकोऽसीति ह कौषीतकिः पुत्र-
मुवाच रश्मीꣳस्त्वं पर्यावर्तयाद्बहवो वै ते भविष्यन्तीत्यधिदैवतम् ॥2॥

और "मैं कौषीतकि इस सूर्य के आगे ही उद्गीथ का गान करने लगा। इसी से मेरा 'तू' एक पुत्र हुआ।" ऐसा कौषीतकि अपने पुत्र से कहने लगे। सूर्य की किरणों की और सूर्य की उपासना तुम उद्गीथ बुद्धि से करो। अवश्य तुम्हें बहुत पुत्र प्राप्त होंगे। इस प्रकार अधिदैवत उपासना है।

अथाध्यात्मम्। य एवायं मुख्यः प्राणस्तमुद्गीथमुपासीतोमिति ह्येष
स्वरन्नेति ॥3॥

अब आध्यात्मिक उपासना कही जाती है। जो यह मुखसम्बन्धी चैतन्य प्राण है, उसे उद्गीथ से अभिन्न मानकर उपासना करनी चाहिए। क्योंकि यह प्राण ही सूर्य की तरह 'ओम् ओम्'—यह उच्चारण करता हुआ वागिन्द्रियादि की प्रवृत्ति के लिए चलता है।

एतमु एवाहमभ्यागासिषं तस्मान्मम त्वमेकोऽसीति ह कौषीतकिः
पुत्रमुवाच प्राणाꣳस्त्वं भूमानमभिगायताद्बहवो वै मे भविष्य-
न्तीति ॥4॥

और "मैं कौषीतकि ने इसी प्राण के सामने उद्गीथ का गान किया (उपासना की)। इससे तुम एक पुत्र मुझे प्राप्त हुए हो। तुम सूर्य और सूर्यकिरणों की उपासना उद्गीथ के रूप में करो। तुम्हारे अवश्य ही बहुत पुत्र होंगे"—ऐसा कौषीतकि ने अपने पुत्र से कहा।

अथ खलु य उद्गीथः स प्रणवो यः प्रणवः स उद्गीथ इति होतृषद-
नाद्धैवापि दुरुद्गीथमनुसमाहरतीत्यनुसमाहरतीति ॥5॥
इति पञ्चमः खण्डः ॥

जो उद्गीथ है वही प्रणव है, और जो प्रणव है वही उद्गीथ है। इसलिए उद्गीथ का गान करनेवाला ऋत्विज् होम करके अपने स्वरवर्णादि दूषित उद्गीथगान को भी सम्हाल लेता है—दूर कर देता है। इस प्रकार उद्गीथ की उपासना पूरी हुई।

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

इयमेवर्गग्निः साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम
गीयत इयमेव साऽग्निरमस्तत्साम ॥1॥

यह (पृथ्वी) ऋग्वेद है, अग्नि सामवेद है, वह यह सामवेद ऋग्वेदरूपी पृथ्वी में अवस्थित है। अतः ऋग्वेद में आधेय भाव से स्थित है, ऐसा मानकर सामवेद (सामवेदियों द्वारा) गाया जाता है। यही पृथ्वी 'सा' है। और अग्नि 'अम' है। इसलिए वह अग्नि और यह पृथ्वी—दोनों मिलकर 'साम' अर्थ होता है।

अन्तरिक्षमेवर्ग्वायुः साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ
साम गीयतेऽन्तरिक्षमेव सा वायुरमस्तत्साम ॥2॥

आकाश ही ऋग्वेद है और वायु सामवेद है। यह वायुरूपी सामवेद आकाशरूपी ऋग्वेद में आधेयरूप से अवस्थित है। इसलिए ऋग्वेद में अवस्थित सामवेद (सामवेदियों के द्वारा) गाया जाता है। आकाश ही 'सा' है और वायु ही 'अम' है। वह आकाश और वह वायु—दोनों मिलकर 'साम' शब्द का अर्थ है।

द्यौरेवर्गादित्यः साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ
साम गीयते द्यौरेव साऽदित्योऽमस्तत्साम ॥3॥

स्वर्ग ही ऋग्वेद है और आदित्य ही सामवेद है। यह आदित्यरूपी सामवेद स्वर्गरूपी ऋग्वेद में आधेयरूप से अवस्थित है। इसलिए ऋग्वेद में अवस्थित सामवेद (सामवेदियों द्वारा) गाया जाता है। स्वर्ग ही 'सा' है और आदित्य ही 'अम' है। वह स्वर्ग और यह आदित्य—दोनों मिलकर 'साम' का अर्थ होता है।

नक्षत्राण्येवर्क् चन्द्रमाः साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम गीयते नक्षत्राण्येव सा चन्द्रमा अमस्तत्साम ॥4॥

नक्षत्र ही ऋग्वेद है और चन्द्रमा ही सामवेद है। यह चन्द्रमारूपी सामवेद नक्षत्रोंरूपी ऋग्वेद में आधेयरूप से अवस्थित है। इसलिए ऋग्वेद में अवस्थित सामवेद गाया जाता है। नक्षत्र ही 'सा' है और चन्द्रमा ही 'अम' है। वे नक्षत्र और यह चन्द्रमा—दोनों मिलकर 'साम' का अर्थ होता है।

अथ यदेतदादित्यस्य शुक्लं भाः सैवर्गथ यन्नीलं परः कृष्णं तत्साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम गीयते ॥5॥

जो सूर्य का श्वेत प्रकाश है, वही ऋग्वेद है और जो नील और श्याम वर्ण है, वह सामवेद है। यह नील और कृष्णवर्ण सम्बन्धी सामवेद इस शुक्लवर्णरूपी ऋग्वेद में आधेयरूप से अवस्थित है। ऐसा समझकर गान किया जाता है।

अथ यदेवैतदादित्यस्य शुक्लं भाः सैव साऽथ यन्नीलं परः कृष्णं तदमस्तत्सामाऽथ य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुर्हिरण्यकेश आप्रणखात्सर्व एव सुवर्णः ॥6॥

सूर्य का जो यह शुक्ल प्रकाश है, वही 'सा' है और जो नीलवर्ण अतिश्याम है, वही 'अम' है। ये दोनों मिलकर ही साम हैं। और आदित्यमण्डल के भीतर जो यह सुवर्णमय दाढीवाला और सुवर्णमय केशवाला, सुवर्णमय नखशिख, सुवर्णमय देहवाला पुरुष है, वही यह पुरुष है।

तस्य यथा कप्यासं पुण्डरीकमेवमक्षिणी तस्योदिति नाम स एष सर्वेभ्यः पाप्मभ्य उदित उदेति ह वै सर्वेभ्यः पाप्मभ्यो य एवं वेद ॥7॥

सूर्य-मण्डलस्थ उस सुवर्णपुरुष की आँखें बन्दर की गुदा सदृश लालवर्ण वाले कमल जैसी हैं। उसका नाम 'उत्' है। क्योंकि उसने सर्वपापों का उत् (लंघन) किया है। जो उपासक इस तरह उस सूर्यमण्डलस्थ पुरुष को जानता है, वह सभी पापों से ऊपर उठकर उनसे युक्त हो जाता है।

तस्यर्क् च साम च गेष्णौ तस्मादुद्गीथस्तस्मात्त्वेवोद्गातैतस्य हि गाता स एष ये चामुष्मात्पराञ्चो लोकास्तेषां चेष्टे देवकामानां चेत्यधिदैवतम् ॥8॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

उस आदित्यस्थ 'उत्' पुरुष को ऋग्वेद और सामवेद गाते हैं। अतः वही 'उत्' उद्गीथ है। और इसी से ही इस पुरुष को गानेवाला 'उद्गाता' है। और वही यह 'उत्' पुरुष इस सूर्य के ऊपर जो लोक हैं, उनका अधिपति है। वह देवताओं की कामनाओं को पूर्ण करता है। ऐसा यह अधिदैवत उपासना का फल है।

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

अथाध्यात्मम् । वागेवर्क् प्राणः साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम गीयते वागेव सा प्राणोऽमस्तत्साम ॥1॥

अब आध्यात्मिक उपासना कही जाती है—वाणी ऋग्वेद है और नासिकास्थ प्राण सामवेद है। वही साम वाणीरूपी ऋग्वेद में आधेयरूप से अवस्थित है। इसलिए ऋग्वेद में स्थित सामवेद गाया जाता है। वाणी ही 'सा' है और प्राण ही 'अम' है। वे दोनों मिलकर 'साम' हो जाता है।

चक्षुरेवर्गात्मा साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम गीयते । चक्षुरेव सात्माऽमस्तत्साम ॥2॥

चक्षु ही ऋग्वेद है और उसका प्रतिबिम्ब ही सामवेद है। सही साम चक्षुरूपी ऋग्वेद आधेयरूप से अवस्थित है। इसलिए ऋग्वेद में स्थित सामवेद गाया जाता है। चक्षु ही 'सा' है और उसका प्रतिबिम्ब ही 'अम' है। दोनों मिलकर 'साम' हो जाता है।

श्रोत्रमेवर्ङ्मनः साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम गीयते । श्रोत्रमेव सा मनोऽमस्तत्साम ॥3॥

श्रोत्र ही ऋग्वेद है और मन ही सामवेद है। वही साम श्रोत्ररूपी ऋग्वेद में आधेयरूप से अवस्थित है। इसीलिए ऋग्वेद-स्थित सामवेद गाया जाता है। श्रोत्र ही 'सा' है और मन ही 'अम' है। दोनों मिलकर 'साम' होता है।

अथ यदेतदक्ष्णः शुक्लं भाः सैवर्गथ यन्नीलं परः कृष्णं तत्साम तदेतदेतस्यामृच्यध्यूढꣳ साम तस्मादृच्यध्यूढꣳ साम गीयते । अथ यदेवैतदक्ष्णः शुक्लं भाः सैव साऽथ यन्नीलं परः कृष्णं तदमस्तत्साम ॥4॥

नेत्र में जो श्वेतवर्ण है, वह ऋग्वेद है और जो अत्यन्त नील-काला वर्ण है, वह सामवेद है। यह सामवेद ऋग्वेद में अधिष्ठित है। इसलिए ऋग्वेद में अवस्थित उस सामवेद को गाया जाता है। नेत्रस्थ श्वेतवर्ण ही 'सा' है और जो अतिनील श्यामवर्ण है, वह 'अम' है। दोनों मिलकर 'साम' अर्थ होता है।

अथ य एषोऽन्तरक्षिणि पुरुषो दृश्यते सैवर्क्तत्साम तदुक्थं तद्यजुस्तद्ब्रह्म तस्यैतस्य तदेव रूपं यदमुष्य रूपं यावमुष्य गेष्णौ तौ गेष्णौ यन्नाम तन्नाम ॥5॥

जो यह नेत्रस्थ पुरुष है, वही ऋग्वेद है, वही सामवेद है, वही ऋचा है, वही यजुर्वेद है, वही ब्रह्म है। जो सूर्यस्थित पुरुष का रूप है, वही इसका भी रूप है (चक्षुःस्थ पुरुष का भी)। जो सूर्यमण्डलस्थ पुरुष का अंग है वही चक्षुःस्थ पुरुष का अंग है। और जो उसका नाम है, वह इसका भी नाम है।

स एष ये चैतस्मादर्वाञ्चो लोकास्तेषां चेष्टे मनुष्यकामानां चेति । तद्य इमे वीणायां गायन्त्येतं ते गायन्ति तस्मात्ते धनसनयः ॥6॥

इस सूर्य के नीचे-ऊपर, दाईं-बाईं ओर जो लोकान्तर हैं, उनका वह स्वामी है। वैसा ही चक्षुःस्थ पुरुष का भी है। वह सब मनुष्यों की कामनाएँ पूर्ण करता है। साधक विधिपूर्वक सूर्यस्थित पुरुष का

वीणा से गान करते हैं, वे चक्षुःस्थ पुरुष का ही गान करते हैं। इसलिए वे गान करनेवाले धनवान होते हैं।

अथ य एतदेवं विद्वान्साम गायत्युभौ स गायति । सोऽमुनैव स एष ये चामुष्मात्पराञ्चो लोकास्ताꣳश्चाप्नोति देवकामास्ताꣳश्च ॥7॥

जो पुरुष ज्ञानपूर्वक और विधिपूर्वक सामवेद का गान करता है, वह चक्षुःस्थ पुरुष और सूर्यस्थ पुरुष—इन दोनों का गान करता है। वह पुरुष दोनों की अभेदोपासना द्वारा, जो लोक इस उपास्य सूर्य के ऊपर-नीचे, बायें-दायें हैं, उन सबको प्राप्त होता है। और वह पुरुष-यजमान की कामना के लिए देवों की इच्छा को भी प्राप्त करता है।

अथानेनैव ये चैतस्मादर्वाञ्चो लोकास्ताꣳश्चाप्नोति मनुष्यकामाꣳश्च तस्माद् हैवंविदुद्गाता ब्रूयात् ॥8॥

और बाद में, इस लोक से ऊपर-नीचे-दायें-बायें जो लोक हैं, उन्हें वह प्राप्त करता है। जो मनुष्यसम्बन्धी कामनाएँ हैं, उन सबको इसी चक्षुःस्थ पुरुष के द्वारा ही अपने यजमान के लिए प्राप्त करता है। अतः इसे जानने वाला उद्गाता यजमान से (इस निम्न प्रकार से) कहता है।

कं ते काममागायानीत्येष ह्येव कामागानस्येष्टे य एवं विद्वान्साम गायति साम गायति ॥9॥

इति सप्तमः खण्डः ॥

"मैं तेरे किस मनोरथ की सिद्धि के लिए सामवेद का गान करूँ ?" जब वह यजमान की कामनाओं को सुन लेता है, तब वह सामवेद का गान करता है।

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

त्रयो होद्गीथे कुशला बभूवुः शिलकः शालावत्यश्चैकितायनो दाल्भ्यः प्रवाहणो जैवलिरिति । ते होचुरुद्गीथे वै कुशलाः स्मो हन्तोद्गीथे कथां वदाम इति ॥1॥

शालावान का पुत्र शिलक, जिलक का पुत्र प्रवाहण और चिकितायन का पुत्र दाल्भ्य—ये तीनों उद्गीथ के ज्ञान में निपुण थे। ये तीनों ऋषि एक-दूसरे से कहने लगे कि अगर सबकी इच्छा हो, तो विशेष ज्ञान के लिए उद्गीथ में हम वादप्रतिवाद करें।

तथेति ह समुपविविशुः । स ह प्रवाहणो जैवलिरुवाच भगवन्तावग्रे वदतां ब्राह्मणयोर्वदतोर्वाचꣳ श्रोष्यामीति ॥2॥

'ठीक' ऐसा कहकर सब बैठे। तब जिवल का पुत्र प्रवाहण बोला—'आप दोनों महानुभाव पहले बोलिए। बोलते हुए आप दोनों ब्राह्मणों की वाणी को मैं सुनूँगा।

स ह शिलकः शालावत्यश्चैकितायनं दाल्भ्यमुवाच हन्त त्वा पृच्छानीति पृच्छेति होवाच ॥3॥

यह सुनकर शालावान के पुत्र शिलक, चिकितायन के पुत्र दाल्भ्य से कहने लगे कि "मैं (आपसे कुछ) पूछूँ !" दाल्भ्य ने कहा—'हाँ पूछिए।' तब वह बोले।

का साम्नो गतिरिति स्वर इति होवाच स्वरस्य का गतिरिति प्राण इति होवाच प्राणस्य का गतिरित्यन्नमिति होवाचान्नस्य का गतिरित्याप इति होवाच ॥4॥

शिलक ने पूछा—'सामवेद का आश्रय कौन है ?' उसने कहा 'स्वर'। उसने पूछा—'स्वर का आश्रय कौन है ?' उसने उत्तर दिया—'प्राण।' उसने पूछा—'प्राण का आश्रय कौन है ?' उसने उत्तर दिया—'अन्न'। उसने पूछा—'अन्न का आश्रय क्या है ?' उसने उत्तर दिया 'जल'।

अपां का गतिरित्यसौ लोक इति होवाचामुष्य लोकस्य का गतिरिति न स्वर्गं लोकमतिनयेदिति होवाच स्वर्गं वयं लोकꣳ सामाभिसंस्थापयामः स्वर्गसꣳस्तावꣳ हि सामेति ॥5॥

शिलक ने पूछा—'जल का आश्रय कौन है ?' दाल्भ्य ने कहा—'स्वर्ग है।' उसने फिर पूछा—'स्वर्ग का आश्रय कौन है ?' उसने कहा—"सामवेद का आश्रय स्वर्ग से इतर लोक नहीं है। मैं स्वर्गलोक की प्रतिष्ठा सामरूप से करता हूँ। क्योंकि सामवेद की स्तुति स्वर्गरूप में ही की गई है।"

तꣳ ह शिलकः शालावत्यश्चैकितायनं दाल्भ्यमुवाचाऽप्रतिष्ठितं वै किल ते दाल्भ्य साम यस्त्वेतर्हि ब्रूयान्मूर्धा ते विपतिष्यतीति मूर्धा ते विपतेदिति ॥6॥

शालावान का पुत्र शिलक, चेकितायन के पुत्र दाल्भ्य से कहने लगा—'हे दाल्भ्य ! साम स्वर्ग का आश्रय है'—यह जो तू कह रहा है, वह योग्य नहीं है। किसी के आगे तू ऐसा कहेगा तो वह (सुनने वाला) यदि यह कह देगा कि 'तेरा मस्तक गिर पड़े', तो उसी समय तेरा मस्तक नीचे गिर पड़ेगा।

हन्ताहमेतद्भगवतो वेदानीति विद्धीति होवाचामुष्य लोकस्य का गतिरित्ययं लोक इति होवाचास्य लोकस्य का गतिरिति न प्रतिष्ठां लोकमतिनयेदिति होवाच प्रतिष्ठां वयं लोकꣳ सामाभिसꣳस्थापयामः प्रतिष्ठासꣳस्तावꣳ हि सामेति ॥7॥

दाल्भ्य ने कहा कि आपसे मैं सामवेद का आश्रय जानना चाहता हूँ। तब शिलक ने कहा कि "इस स्वर्गलोक का क्या आश्रय है, वह तुम ठीक तौर से जानो। सुनो। वह मृत्युलोक है।" तब दाल्भ्य ने कहा कि "इस मृत्युलोक का कौन आधार है ?" तब शिलक ने कहा—"इस मृत्युलोक को लाँघकर साम का दूसरा आश्रय कोई प्राप्त नहीं करता। इसीलिए हम सब साम को मृत्युलोक का आश्रय मानते हैं। क्योंकि वेद में साम की स्तुति पृथ्वीरूप में की गई है"।

तꣳ ह प्रवाहणो जैवलिरुवाचान्तवद्वै किल ते शालावत्य साम यस्त्वेतर्हि ब्रूयान्मूर्धा ते विपतिष्यतीति मूर्धा ते विपतेदिति हन्ताहमेतद्भगवतो वेदानीति विद्धीति होवाच ॥8॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

जिवल का पुत्र प्रवाहण शिलक से कहने लगा कि—"हे शालावत्य ! तेरा साम नाशवान है। यदि कोई साम को न जाननेवाला तुझसे कह दे कि तेरा मस्तक गिर जाएगा, तब उसी समय अवश्य तेरा मस्तक गिर पड़ेगा।" ऐसा सुनकर शिलक ने कहा—"हाँ, तो मैं उस अविनाशी साम को आप महानुभाव से सीखूँ !" ऐसा सुनकर प्रवाहण ने कहा—'हाँ, जान लो।' तब शिलक ने कहा कि—

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

अस्य लोकस्य का गतिरित्याकाश इति होवाच। सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्त आकाशं प्रत्यस्तं यन्त्याकाशो ह्येवैभ्यो ज्यायानाकाशः परायणम् ॥1॥

शिलक ने पूछा—"इस लोक का आश्रय कौन है ?" प्रवाहण ने उत्तर में कहा—"वह आकाश है। आकाश से ही ये सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, और अन्त में आकाश में ही लीन हो जाते हैं। अतः सर्व का आधार आकाश ही है। क्योंकि आकाश सबसे श्रेष्ठ है।"

स एष परोवरीयानुद्गीथः स एषोऽनन्तः परोवरीयो ह्यस्य भवति परोवरीयसो ह लोकाञ्जयति य एतदेवं विद्वान् परोवरीयाꣳसमुद्गीथमुपास्ते ॥2॥

वही यह आकाश उद्गीथरूप परमात्मा है। वही यह आकाश अनन्त ब्रह्म है। इस आकाश का ज्ञाता श्रेष्ठ और पूजनीय होता है। जो आकाशरूप उद्गीथ ब्रह्म जानता है, वह श्रेष्ठ लोकों को प्राप्त होता है।

तꣳ हैतमतिधन्वा शौनक उदरशाण्डिल्यायोक्त्वोवाच। यावत्त एनं प्रजायामुद्गीथं वेदिष्यन्ते परोवरीयो हैभ्यस्तावदस्मिँल्लोके जीवनं भविष्यति ॥3॥

शुनक ऋषि का पुत्र अतिधन्वा अपने शिष्य उदरशाण्डिल्य को उद्गीथ का अनुभव कराकर कहता है कि—"हे उदरशाण्डिल्य ! तूने मेरे कथनानुसार उद्गीथ पहचान लिया है। अतः तुम्हारे वंशज जहाँ तक उद्गीथोपासना करते रहेंगे, वहाँ तक संसार में उत्कृष्ट जीवन जीएँगे।

तथामुष्मिँल्लोके लोक इति स य एतमेवं विद्वानुपास्ते। परोवरीय ह्येवास्यास्मिँल्लोके जीवनं भवति तथाऽमुष्मिँल्लोके लोक इति लोके लोक इति ॥4॥

इति नवमः खण्डः ॥

जो कोई भी उपर्युक्त प्रकार से उद्गीथोपासना करता है, वह उस लोक में श्रेष्ठ पदवी प्राप्त करता है और शरीर का त्याग करने के बाद उसे उत्तम लोकों की प्राप्ति होती है। यह उद्गीथ महिमा सर्वलोकहितार्थ कही गई है।

(यहाँ नौवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

मटचीहतेषु कुरुष्वाटिक्या सह जाययोषस्तिर्ह चाक्रायण इभ्यग्रामे प्रद्राणक उवास ॥1॥

चक्र ऋषि का पुत्र उषस्ति जब ओले-पत्थर आदि गिरने से कुरुप्रदेश की खेती बिगड़ गई, तब अपनी छोटी उम्र की पत्नी के साथ किसी धनिकों के गाँव में दीनहीन होकर रहने लगा।

स हेभ्यं कुल्माषान्खादन्तं बिभिक्षे तꣳहोवाच। नेतोऽन्ये विद्यन्ते यच्च ये म इम उपनिहिता इति ॥2॥

उस उषस्ति ने उस गाँव में सड़े हुए उड़द को खाते हुए महावत से वे सड़े उड़द माँगे। अतः महावत ने उससे कहा—"मेरे इस बरतन में जो उड़द हैं, इनके सिवा मेरे पास दूसरे उड़द नहीं हैं।"

एतेषां मे देहीति होवाच तानस्मै प्रददौ हन्तानुपानमित्युच्छिष्टं वै मे पीतꣳस्यादिति होवाच ॥3॥

उषस्ति ने कहा—"ये उड़द मुझे दे दो।" "ठीक है अच्छी बात" ऐसा कहकर महावत ने उसे उड़द दे दिए। फिर महावत बोला—"खाने के बाद पानी पीओ" तब उषस्ति ने कहा—"तब तो मुझे उच्छिष्ट (जूठा) जल पीने का दोष लगेगा"।

न स्विदेतेऽप्युच्छिष्टा इति न वा अजीविष्यमिमां न खादन्निति होवाच कामो म उदपानमिति ॥4॥

"तो क्या उड़द उच्छिष्ट नहीं हैं ?"—महावत के ऐसा कहने पर उषस्ति बोला—"यदि मैंने ये उच्छिष्ट उड़द नहीं खाये होते तो मैं जीवित नहीं रहता। पानी का पीना या न पीना तो मेरी इच्छा की बात है। क्योंकि पानी तो मेरी इच्छानुसार कहीं भी मिल जायेगा। अतः यदि मैं उच्छिष्ट पानी नहीं पीऊँगा तो मरूँगा नहीं।

स ह खादित्वातिशेषाञ्जायाया आजहार। साग्र एव सुभिक्षा बभूव तान्प्रतिगृह्य निदधौ ॥5॥

उषस्ति अच्छी तरह उड़द खा गए। बाद में बचे हुए उड़द अपनी स्त्री के लिए ले गए और उसे दिए। परन्तु, उसको पहले से ही भिक्षा मिल चुकी थी, अतः उसने वे उड़द पति के पास से लेकर रख दिए।

स ह प्रातः संजिहान उवाच यद्बतान्नस्य लभेमहि लभेमहि धनमात्राꣳ राजासौ यक्ष्यते स मा सर्वैरार्त्विज्यैर्वृणीतेति ॥6॥

उस उषस्ति ने सुबह विस्तर से उठते ही खेदपूर्वक अपनी स्त्री से कहा कि अगर थोड़ा भी अन्न हम प्राप्त करें, तो चलने की शक्ति पाकर कहीं से थोड़ा धन प्राप्त करें। सुना है कि नजदीक में एक राजा यज्ञ कर रहा है। वह ऋत्विक् कर्म जाननेवाला मुझे उस पद के लिए पसंद करेगा।

तं जायोवाच हन्त पत इम एव कुल्माषा इति तान्खादित्वामुं यज्ञं विततमेयाय ॥7॥

पत्नी ने उससे कहा—"हे पति ! ये तो सड़े हुए उड़द हैं !" तब उन उड़दों को खाकर वह ऋत्विजों के द्वारा किए जानेवाले यज्ञ की ओर गया।

तत्रोद्गातृनास्तावे स्तोष्यमाणानुपोपविवेश स ह प्रस्तोतारमुवाच ॥8॥

वहाँ आस्ताव (स्तुति करने के स्थल) में उद्गीथगान करनेवाले उद्गाताओं के पास वह (उषस्ति) बैठा और प्रस्तोता ऋषि से कहने लगा—

प्रस्तोतर्या देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रस्तोष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति ॥9॥

"हे प्रस्तोता ! जो देवता प्रस्ताव कर्म के साथ सम्बन्ध रखनेवाला है, उसे न जानते हुए यदि तुम गान करोगे, तो तुम्हारा मस्तक गिर पड़ेगा।"

एवमेवोद्गातारमुवाचोद्गातर्या देवतोद्गीथमन्वायत्ता तां चेदविद्वानुद्गास्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति ॥10॥

उसी तरह उद्गाता से भी उषस्ति ने कहा—"हे उद्गाता ! जो देवता प्रस्ताव कर्म के साथ सम्बन्ध रखनेवाला है, उसे बिना जाने ही यदि तुम यदि उद्गीथगान करोगे तो तुम्हारा मस्तक गिर पड़ेगा।"

एवमेव प्रतिहर्तारमुवाच प्रतिहर्तर्या देवता प्रतिहारमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रतिहरिष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति ते ह समारतास्तूष्णीमासाञ्चक्रिरे ॥11॥

इति दशमः खण्डः ॥

इसी तरह उसने प्रतिहर्ता से भी कहा—"हे प्रतिहर्ता ! जो देवता प्रतिहारकर्म के साथ सम्बन्ध रखनेवाला है, उसे बिना जाने ही यदि तू प्रतिहार कर्म करेगा, तो तेरा सर नीचे गिर पड़ेगा।" यह सुनकर सभी ऋत्विज अपने-अपने कामों से रुक गए और मौन धारण किए हुए बैठे रहे।

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

अथ हैनं यजमान उवाच भगवन्तं वा अहं विविदिषाणीत्युषस्तिरस्मि चाक्रायण इति होवाच ॥1॥

बाद में यजमान उससे (उषस्ति से) इस प्रकार कहने लगा—"आप महानुभाव को मैं जानना चाहता हूँ।" तब उसने उत्तर दिया—"मैं चक्रपुत्र उषस्ति हूँ।"

स होवाच भगवन्तं वा अहमेभिः सर्वैरार्त्विज्यैः पर्यैषिषं भगवतो वा अहमवित्त्यान्यानवृषि ॥2॥

उस महानुभाव (उषस्ति) से वह यजमान कहने लगा—"मैंने इन ऋत्विजों के साथ आपकी बहुत खोज की, पर आपके न मिलने से मैंने दूसरों का वरण किया।"

भगवाꣳस्त्वेव मे सर्वैरार्त्विज्यैरिति तथेत्यथ तर्ह्येत एव समतिसृष्टाः स्तुवतां यावत्त्वेभ्यो धनं दद्यास्तावन्मम दद्या इति तथेति ह यजमान उवाच ॥3॥

"अब आप ही मेरे सभी ऋत्विक-कार्यों के लिए बनें।" तब उषस्ति ने कहा—"हाँ, पर इन सब उपस्थित ऋत्विजों को मेरी आज्ञानुसार स्तुति करनी होगी। और जितना धन तुम उन्हें देते हो, उतना ही धन मुझे देना होगा।" तब यजमान (राजा) ने कहा—'ठीक है'।

अथ हैनं प्रस्तोतोपससाद। प्रस्तोतर्या देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रस्तोष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति मा भगवानवोचत्कतमा सा देवतेति ॥4॥

इसके बाद जो प्रस्तोता था, वह उषस्ति के पास आया। उषस्ति ने उससे कहा—"हे प्रस्तोता ! प्रस्तावभक्ति का अधिष्ठाता जो देवता है, उसे बिना जाने ही तुम यदि यज्ञ में स्तुति करोगे, तो तुम्हारा मस्तक अवश्य ही नीचे गिर पड़ेगा।" तब प्रस्तोता बोला—"हे भगवन् ! वह कौन-सा देव है, वह तो आपने कहा ही नहीं।"

प्राण इति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति प्राणमभ्युज्जिहते। सैषा देवता प्रस्तावमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रास्तोष्यो मूर्धा ते व्यपतिष्यत्तथोक्तस्य मयेति ॥5॥

उषस्ति ने कहा—"वह देवता प्राण है। क्योंकि ये सभी प्राणी प्राण से उत्पन्न होकर प्राण में ही विलीन हो जाते हैं। यह प्राणदेवता ही प्रस्तावानुगत है। यदि तुम उसे बिना जाने ही स्तुति कर देते, तो मेरे कहने से तेरा सर नीचे गिर जाता।

अथ हैनमुद्गातोपससादोद्गातर्या देवतोद्गीथमन्वायत्ता तां चेदविद्वानुद्गास्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति मा भगवानवोचत्कतमा सा देवतेति ॥6॥

पुनः उद्गाता उषस्ति के पास गया। उषस्ति ने कहा—"हे उद्गाता ! जो देव उद्गीथ का सम्बन्धी है, उसे बिना जाने ही यदि तुम यज्ञ में उसका उद्गान (स्तुति) करोगे, तो तुम्हारा सर नीचे गिर पड़ेगा।" तब उद्गाता बोला—"भगवन् ! वह कौन-सा देव है, वह तो आपने कहा ही नहीं।"

आदित्य इति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्यादित्यमुच्चैः सन्तं गायन्ति सैषा देवतोद्गीथमन्वायत्ता तां चेदविद्वानुदगास्यो मूर्धा ते व्यपतिष्यत्तथोक्तस्य मयेति ॥7॥

उषस्ति ने कहा—"वह देव आदित्य है। सभी स्थावरजंगम उसकी बहुत स्तुति करते हैं। वही सूर्य उद्गीथ का अधिष्ठाता देव है। उसे बिना जाने ही अगर तुमने उसकी स्तुति कर दी होती तो मेरे कथनानुसार तुम्हारा मस्तक नीचे गिर पड़ता।"

अथ हैनं प्रतिहर्तोपससाद प्रतिहर्तर्या देवता प्रतिहारमन्वायत्ता तां चेदविद्वान्प्रतिहरिष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति मा भगवानवोचत्कतमा सा देवतेति ॥8॥

अब प्रतिहर्ता उषस्ति के पास गया। उषस्ति ने उससे कहा—"हे प्रतिहर्ता ! जो देव प्रतिहार से सम्बद्ध है, उसे बिना जाने ही यदि तुम प्रतिहारकर्म करोगे, तो तुम्हारा मस्तक नीचे गिर जाएगा।" तब प्रतिहर्ता बोला—"भगवन् ! वह कौन-सा देव है, वह तो आपने कहा ही नहीं।"

अन्नमिति होवाच सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्यन्नमेव प्रतिहरमाणानि जीवन्ति सैषा देवता प्रतिहारमन्वायत्ता । तां चेदविद्वान्प्रत्यहरिष्यो मूर्धा ते व्यपतिष्यत्तथोक्तस्य मयेति तथोक्तस्य मयेति ॥9॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

तब उषस्ति ने कहा—"वह देवता अन्न है, क्योंकि सब प्राणी अन्न खाकर ही तो जीते हैं। इसलिए अन्नदेव प्रतिहारकर्म का अधिष्ठाता है। इस अन्न को बिना जाने ही यदि तुम प्रतिहारकर्म करते तो तुम्हारा मस्तक मेरे कथनानुसार नीचे गिर पड़ता।"

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

अथातः शौव उद्गीथस्तद्ध बको दाल्भ्यो ग्लावो वा मैत्रेयः स्वाध्यायमुद्वव्राज ॥1॥

(अब अन्नलाभ की इच्छा से कुत्तों द्वारा देखा गया उद्गीथ यहाँ आरंभ किया जाता है)। दल्भ्यपुत्र बक अथवा ग्लाव एवं मित्रापुत्र मैत्रेय (दोनों एक ही व्यक्ति हैं) स्वाध्याय (उद्गीथाध्ययन) के लिए किसी पवित्र स्थान में गया। [अन्नाभावपीड़ित कुत्तों का रुदन सुनकर, भूख के दुःख का अनुभव करके, उसके निवारणार्थ यह बक ऋषि उद्गीथगान किया करते थे। इसलिए इस उद्गीथ का नाम 'शौव उद्गीथ' अर्थात् 'कुत्तों का उद्गीथ' पड़ा है]।

तस्मै श्वा श्वेतः प्रादुर्बभूव । तमन्ये श्वान उपसमेत्योचुरन्नं नो भगवानागायत्वशनायाम वा इति ॥2॥

बक ऋषि के पास एक श्वेत कुत्ता (कुत्ते के रूप में एक ऋषि) उपस्थित हुआ। उस सफेद कुत्ते के आसपास अन्य छोटे-मोटे कुत्ते जाकर उसे कहने लगे—"आप हमारे लिए अन्न उत्पन्न करने के लिए गान कीजिए जिससे हम खाकर भूख मिटाएँ।"

तान्होवाचेहैव मा प्रातरुपसमीयातेति तद्ध बको दाल्भ्यो ग्लावो वा मैत्रेयः प्रतिपालयाञ्चकार ॥3॥

यह सुनकर श्वेतश्वानरूपधारी उस ऋषि ने उन कुत्तों से कहा—"कल सुबह तुम सब मेरे पास आओ।" यह सुनकर बक ऋषि भी (दल्भ्यपुत्र = दाल्भ्य अथवा मित्रापुत्र मैत्रेय = गाल्व) उस स्थान पर उस श्वेतश्वान की राह देखने लगा।

ते ह यथैवेदं बहिष्पवमानेन स्तोष्यमाणाः सꣳरब्धाः सर्पन्तीत्येवमासꣳसृपुस्ते ह समुपविश्य हिंचक्रुः ॥4॥

जैसे किसी यज्ञकर्म में बहिष्पवमान स्तोत्र के गान के लिए, स्तुति करते हुए अध्वर्यु आदि ऋत्विज एक साथ पंक्तिबद्ध होकर चलते हैं, उसी प्रकार यहाँ भी सभी छोटे कुत्ते एक साथ पंक्ति में चलने लगे। और फिर अच्छी तरह से बैठकर "हीं हीं"—ऐसी आवाज करने लगे। (यहाँ अन्योक्ति अलंकार का प्रयोग करके समझाया गया है कि श्वेतश्वान मुख्य प्राण है, छोटे कुत्ते वागिन्द्रिय हैं। ऐसा कुछ लोग कहते हैं।)

ओ३मदा३मों३पिबा३मों३देवो वरुणः प्रजापतिः सविता३ऽन्नमिहा२-ऽऽहरदन्नपते२ऽन्नमिहा२ऽऽहरा२ऽऽहरो३मिति ॥5॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

तब कुत्ते बोलने लगे—"ॐ हम खाएँ, ॐ हम पीएँ। प्रकाशमान वृष्टिदाता, सृष्टिपालक सविता देव हमारे लिए इस संसार में अन्न उत्पन्न करें।" वे फिर बोले—"हे अन्नोत्पादक सूर्य! यहाँ हमारे लिए अन्न लाइए। हम ॐ बोलकर खाएँ-पीएँ"।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

अयं वाव लोको हाउकारो वायुर्हाइकारश्चन्द्रमा अथकारः । आत्मेहकारोऽग्निरीकारः ॥1॥

यह लोक 'हाउ' अक्षर में प्रतिष्ठित है। वायु 'हाइ' अक्षर में आरोपित है। चन्द्रमा 'अथ' अक्षर में आरोपित है। आत्मा 'इह' अक्षर में आरोपित है। और अग्नि 'ई' अक्षर में आरोपित है। (साम के अवयवभूत 'स्तोभाक्षर' उपासना यहाँ बताई गई है। ये स्तोभाक्षर 'हाऊ', 'हाई', 'अथ', 'इह', 'ई' आदि हैं। अर्थरहित गानसिद्ध्यर्थ अक्षर ही स्तोभाक्षर हैं।)

आदित्य ऊकारो निहव एकारो विश्वेदेवा औहोइकारः प्रजापतिर्हिंकारः प्राणः स्वरोऽन्नं या वाग्विराट् ॥2॥

सूर्य 'उ' अक्षर है (उष्णता से), आह्वान 'ए' अक्षर है (इन्द्रनिर्देशक), विश्वेदेवा 'औहोइ' अक्षर है, प्रजापति 'हि' अक्षर है, प्राण स्वर है, अन्न 'या' अक्षर है और वाणी विराट् है।

अनिरुक्तस्त्रयोदशः स्तोभः संचरो हुंकारः ॥3॥

कार्यकारणरूपी आत्मा जो 'हुम्' अक्षर है, वह तेरहवाँ स्तोभाक्षर है। इस स्तोभ अक्षर का भी कोई निर्वचन नहीं होता। इस अक्षर के द्वारा की गई उपासना का फल भी अनिर्वचनीय ही है।

दुग्धेऽस्मै वाग्दोहं यो वाचो दोहोऽन्नवानन्नादो भवति य एतामेवꣳसाम्नामुपनिषदं वेदोपनिषदं वेद इति ॥4॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि प्रथमोऽध्यायः ॥1॥

जो वाणी का फल है, वही फल यह स्तोभाक्षर उपासना उपासक को देती है। जो उपासक सामवेद के स्तोभाक्षरविषयक समुचित ज्ञानवाला होता है, वह अन्नसम्पत्तिवाला और भोजनशक्तिवाला होता है।

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् का प्रथम अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथ द्वितीयोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ समस्तस्य खलु साम्न उपासनꣳ साधु यत्खलु साधु तत्सामेत्या-
चक्षते यदसाधु तदसामेति ॥1॥

अंगों सहित सामवेद की उपासना करने योग्य है। जो अंगसहित साम है, वही सचमुच साम है। जो अंगों के सहित साम नहीं है, वह साम नहीं है। ऐसा सामवेदज्ञ लोग कहते हैं।

तदुताप्याहुः साम्नैनमुपागादिति साधुनैनमुपागादित्येव तदाहुरसाम्नै-
नमुपागादित्यसाधुनैनमुपागादित्येव तदाहुः ॥2॥

और स्पष्ट कहते हैं कि कोई पुरुष राजादि के पास 'साम' से (नम्रवचन से) गया, सब लोग कहते हैं कि वह उसके पास 'साधुभाव' से गया। और जब वह उसके पास 'असाम' (कठोर-गर्व से) से जाता है तब लोग कहते हैं, वह असाधुभाव से वहाँ गया था।

अथोताप्याहुः साम नो बतेति यत्साधु भवति साधु बतेत्येव तदाहुरसाम
नो बतेति यदसाधु भवत्यसाधु बतेत्येव तदाहुः ॥3॥

फिर ऐसा भी कहते हैं कि हमारा 'साम' (शुभ) हुआ। जब 'साम (शुभ) होता है, तब 'साधु' अर्थात् 'अच्छा हुआ' ऐसा कहते हैं, और जब ऐसा कहते हैं कि हमारा 'असाम' (अशुभ) हुआ, तब 'असाधु' अर्थात् बुरा हुआ ऐसा भी कहते हैं।

स य एतदेवं विद्वान्साधु सामेत्युपास्तेऽभ्याशो ह यदेनꣳ साधवो धर्मा
आ च गच्छेयुरुप च नमेयुः ॥4॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

अतः जो उपासक उस साम-असाम के भेद को जानते हुए, इस शोभन अंग सहित साम को उक्त प्रकार से जानकर उपासना करता है, उसे श्रुतिस्मृति-प्रतिपादित धर्म प्राप्त होते हैं, और उपस्थित होते हैं।

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयः खण्डः

लोकेषु पञ्चविधꣳ सामोपासीत। पृथिवी हिंकार अग्निः प्रस्तावोऽन्त-
रिक्षमुद्गीथः आदित्यः प्रतिहारो द्यौर्निधनमित्यूर्ध्वेषु ॥1॥

ऊर्ध्व लोकों के उपासक को पाँच प्रकार के साम की उपासना इस प्रकार करनी चाहिए—पृथिवी हिंकार है, अग्नि प्रस्ताव है, अन्तरिक्ष उद्गीथ है, आदित्य प्रतिहार है और द्युलोक निधन है अर्थात् गए हुए उपासक का स्थान है।

अथावृत्तेषु द्यौर्हिंकार आदित्यः प्रस्तावोऽन्तरिक्षमुद्गीथोऽग्निः प्रतिहारः
पृथिवी निधनम् ॥2॥

उसके बाद नीचे के लोकों में उसी उपासक को साम के पाँच अंगों की यहाँ कहे अनुसार उपासना करनी चाहिए। जैसे स्वर्ग हिंकार है, आदित्य प्रस्ताव है, अन्तरिक्ष उद्गीथ है, अग्नि प्रतिहार है और पृथ्वी निधन अर्थात् स्वर्ग से आए लोगों का स्थान है।

कल्पन्ते हास्मै लोका ऊर्ध्वाश्चावृत्ताश्च य एतदेवं विद्वाँल्लोकेषु पञ्च-
विधꣳसामोपास्ते ॥3॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

लोकों में जो उपासक इस स्तोभाक्षरयुक्त पाँच प्रकारवाले साम की पूर्वोक्त प्रकार से जानकर उपासना करता है, वह ऊपर के स्वर्गादि तथा नीचे के पृथ्वी आदि लोकों को भोग सहित प्राप्त करता है।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

वृष्टौ पञ्चविधꣳ सामोपासीत पुरोवातो हिंकारो मेघो जायते स प्रस्तावो
वर्षति स उद्गीथो विद्योतते स्तनयति स प्रतिहारः ॥1॥

उपासक को सृष्टि में पाँच प्रकार के साम की उपासना करनी चाहिए। उसमें वर्षापूर्व का पवन हिंकार है, जो मेघ उत्पन्न होता है वह प्रस्ताव है, बरसात उद्गीथ है, जो प्रकाश के साथ चमकता है और आवाज करता है वह प्रतिहार है।

उद्गृह्णाति तन्निधनं वर्षति हास्मै वर्षयति ह य एतदेवं विद्वान्वृष्टौ
पञ्चविधꣳ सामोपास्ते ॥2॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

मेघ जो जल ग्रहण करता है, वह निधन है। इस प्रकार जाननेवाला जो पुरुष वृष्टि में पाँच प्रकार के साम की उपासना करता है उस उपासक के लिए ही वह बरसता है और बरसाता है। उस उपासक के लिए ऊपर और नीचे के लोक उपस्थित रहते हैं (वह उन्हें पाता है)।

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

सर्वास्वप्सु पञ्चविधꣳ सामोपासीत मेघो यत्सम्प्लवते स हिंकारो यद्वर्षति
स प्रस्तावो याः प्राच्यः स्यन्दन्ते स उद्गीथो याः प्रतीच्यः स प्रतिहारः
समुद्रो निधनम् ॥1॥

उपासक को सब प्रकार के जलों में इस प्रकार पाँच प्रकार के साम की उपासना करनी चाहिए। मेघ जो घनीभूत होता है वह हिंकार है, जो बरसता है वह प्रस्ताव है, पूर्व में बहने वाला जल उद्गीथ है और पश्चिम में बहनेवाला जल प्रतिहार है और समुद्र निधन है।

न हाप्सु प्रैत्यप्सुमान्भवति । य एतदेवं विद्वान्सर्वास्वप्सु पञ्चविधꣳ सामोपास्ते ॥2॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

पूर्वोक्त प्रकार से जो साधक पंचांग सहित सामोपासना सर्व जलों में ज्ञानपूर्वक करता है, वह कभी जल में डूबकर नहीं मरता। वह जल का स्वामी हो जाता है।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

ऋतुषु पञ्चविधꣳ सामोपासीत वसन्तो हिंकारो ग्रीष्मः प्रस्तावो वर्षा उद्गीथः शरत्प्रतिहारो हेमन्तो निधनम् ॥1॥

साधक को इस प्रकार ऋतुओं में पाँच प्रकार की सामोपासना करनी चाहिए। जैसे वसन्त हिंकार है, ग्रीष्म प्रस्ताव है, वर्षा उद्गीथ है, शरद् प्रतिहार है और हेमन्त निधन है।

कल्पन्ते हास्मा ऋतव ऋतुमान्भवति य एतदेवं विद्वानृतुषु पञ्चविधꣳ सामोपास्ते ॥2॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

जो साधक ऋतुओं में इस पंचविध साम की पूर्वोक्त प्रकार से ज्ञानपूर्वक उपासना करता है, उसके लिए ऋतुएँ सभी फल देती हैं और वह ऋतुओं का सुख भोगनेवाला होता है।

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

पशुषु पञ्चविधꣳ सामोपासीताजा हिंकारोऽवयः प्रस्तावो गाव उद्गीथोऽश्वाः प्रतिहारः पुरुषो निधनम् ॥1॥

उपासक को पशुओं में पंचविध साम की उपासना करनी चाहिए। जैसे बकरे हिंकार है, भेड़ें प्रस्ताव है, गायें उद्गीथ हैं, घोड़े प्रतिहार हैं और पुरुष निधन है।

भवन्ति हास्य पशवः पशुमान्भवति य एतदेवं विद्वान्पशुषु पञ्चविधꣳ सामोपास्ते ॥2॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

जो उपासक ज्ञानपूर्वक पूर्वोक्त प्रकार से पशुओं में पंचविध सामोपासना करता है, वह अनेक पशुवाला हो जाता है अर्थात् पशुओं से समृद्ध होता है।

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

प्राणेषु पञ्चविधं परोवरीयः सामोपासीत प्राणो हिंकारो वाक्प्रस्तावश्चक्षुरुद्गीथः श्रोत्रं प्रतिहारो मनो निधनं परोवरीयाꣳसि वैतानि ॥1॥

उपासक को प्राणों में अतिश्रेष्ठ पंचविध सामोपासना करनी चाहिए। जैसे—प्राण हिंकार है, वाक् प्रस्ताव है, चक्षु उद्गीथ है, श्रोत्र प्रतिहार है और मन निधन है, इस प्रकार उत्तरोत्तर श्रेष्ठ है। ये उपासनाएँ सचमुच उत्तरोत्तर श्रेष्ठ हैं।

परोवरीयो हास्य भवति परोवरीयसो ह लोकाञ्जयति य एतदेवं विद्वान्प्राणेषु पञ्चविधं परोवरीयः सामोपास्त इति तु पञ्चविधस्य ॥2॥

इति सप्तमः खण्डः ॥

जो उपासक इस प्रकार जानकर इन्द्रियों में अंगों के साथ साम की उपासना करता है, उसका जीवन अतिश्रेष्ठ बन जाता है। और वह उत्कृष्ट लोकों को प्राप्त करता है।

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

अथ सप्तविधस्य वाचि सप्तविधꣳ सामोपासीत यत्किञ्च वाचो हुमिति स हिंकारो यत्प्रेति स प्रस्तावो यदेति स आदिः ॥1॥

अब सात प्रकार के साम की उपासना इस प्रकार कही जाती है। (इस मंत्र के तीन अंग और आगे कहे गए चार अंग—सब मिलकर सात होते हैं। अब सातों की उपासना कही जा रही है—) जो कुछ वाणी है वह हुंकार है, और जो हुंकार है वह 'हिंकार' है, और जो 'प्र' उपसर्ग है वह प्रस्ताव है, और जो 'आ' उपसर्ग है वह आदि है।

यदुदिति स उद्गीथो यत्प्रतीति स प्रतिहारो यदुपेति स उपद्रवो अन्विति तन्निधनम् ॥2॥

जो 'उत्' उपसर्ग है वह उद्गीथ है, जो 'प्रति' उपसर्ग है वह प्रतिहार है, जो 'उप' उपसर्ग है वह उपद्रव है और जो 'अनु' उपसर्ग है वह निधन है।

दुग्धेऽस्मै वाग्दोहं यो वाचो दोहोऽन्नवानन्नदो भवति य एतदेवं विद्वान्वाचि सप्तविधꣳ सामोपास्ते ॥3॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

यह उपासना, जो वाणी का फल है, उस फल को प्राप्त करा देती है। जो उपासक ज्ञानपूर्वक वाणी में सातों अंगों से साम की उपासना करता है, वह अन्नशक्ति से और उसे पचाने की शक्ति से पूर्ण हो जाता है।

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

अथ खल्वमुमादित्यꣳ सप्तविधꣳ सामोपासीत सर्वदा समस्तेन साम मां प्रति मां प्रतीति सर्वेण समस्तेन साम ॥1॥

वाणी में सामोपासना के बाद, उस आदित्यरूप में सप्तविध साम की उपासना करनी चाहिए। यह सूर्य सर्वदा एकरूप (सम) है, इसी से साम सबके लिए समान है, अतः साम सर्वरूप है।

सूर्य, 'मेरे सामने है' 'मेरे सामने है''—इस प्रकार अनुभव से सबके प्रति 'सम' है, इसीलिए वह 'साम' है।

तस्मिन्निमानि सर्वाणि भूतान्यन्वायत्तानीति विद्यात्तस्य यत्पुरोदयात्स हिंकारस्तदस्य पशवोऽन्वायत्तास्तस्मात्ते हिंकुर्वन्ति हिंकारभाजिनो ह्येतस्य साम्नः ॥2॥

'उस आदित्य में ही ये सब प्राणी अनुगत हैं'—ऐसा जानना चाहिए। आदित्य के उदय के पहले जो है, वह हिंकार है। उसके हिंकार के अनुगत पशु हैं, इसीलिए वे ''हीं हीं'' किया करते हैं। इसीलिए वे आदित्यरूप साम के हिंकार के पात्र हैं।

अथ यत्प्रथमोदिते स प्रस्तावस्तदस्य मनुष्या अन्वायत्तास्तमात्ते प्रस्तुतिकामाः प्रशंसाकामाः प्रस्तावभाजिनो ह्येतस्य साम्नः ॥3॥

अब अन्य रीति से सामोपासना कही जाती है। उदयपूर्व सूर्य का जो रूप है, वह प्रस्ताव है। उस प्रस्ताव में मनुष्य शरण में हैं। अतः इस सूर्यरूप साम के प्रस्ताव के उपासक प्रशंसा चाहनेवाले होते हैं।

अथ यत्सङ्गववेलायाꣳ स आदिस्तदस्य वयाꣳस्यन्वायत्तानि तस्मात्तान्यन्तरिक्षेऽनारम्भणान्यादायात्मानं परिपतन्त्यादिभाजीनि ह्येतस्य साम्नः ॥4॥

अब अन्य उपासना कहते हैं। सूर्योदय के बाद तीन मुहूर्त बीतने पर जो सूर्य का रूप है, वह सामवेद का एक भाग (भक्तिविशेष) है। इस भक्तिविशेष ॐकार का जो रूप है, उसमें पक्षी प्रविष्ट हैं। अतः पक्षी आकाश में किसी की सहायता के बिना, अपनी ही शक्ति ग्रहण करके उड़ते हैं। क्योंकि ये पक्षी उस भक्तिविशेष ॐकार रूप संगवकाल के आदि की उपासना करनेवाले हैं।

अथ यत्सम्प्रति मध्यन्दिने स उद्गीथस्तदस्य देवा अन्वायत्तास्तस्मात्ते सत्तमाः प्राजापत्यानामुद्गीथभाजिनो ह्येतस्य साम्नः ॥5॥

अब अन्य प्रकार की उपासना कही जाती है। मध्याह्न काल में जो सूर्यरूप है, वह उद्गीथ है। उस उद्गीथ में देव अनुस्यूत हैं। इसीलिए प्रजापति की सन्तानों में वे श्रेष्ठ हैं। क्योंकि वे (देवता) इस साम के उद्गीथ के उपासक हैं।

अथ यदूर्ध्वं मध्यन्दिनात्प्रागपराह्णात्स प्रतिहारस्तदस्य गर्भा अन्वायत्तास्तस्मात्ते प्रतिहृता नावपद्यन्ते प्रतिहारभाजिनो ह्येतस्य साम्नः ॥6॥

अब मध्याह्नकाल के बाद और अपराह्णकाल के पूर्व सूर्य का जो रूप है, वह प्रतिहार है। उस प्रतिहार में गर्भ प्रविष्ट है। इसीलिए गर्भाशय में प्राप्त गर्भ च्युत नहीं होते है। क्योंकि वे गर्भ इस साम के प्रतिहार के उपासक हैं।

अथ यदूर्ध्वमपराह्णात्प्रागस्तमयात्स उपद्रवस्तदस्यारण्या अन्वायत्तास्तस्मात्ते पुरुषं दृष्ट्वा कक्षꣳ श्वभ्रमित्युपद्रवन्त्युपद्रवभाजिनो ह्येतस्य साम्नः ॥7॥

अपराह्णकाल के बाद और अस्तकाल के पूर्व जो सूर्य का रूप है, वह उपद्रवस्तोभ है। वन्य

पशु उसी के आश्रय में जीते हैं। इसीलिए वे पशु पुरुष को देखकर भागने लगते हैं। और भयमुक्त वन में चले जाते हैं। क्योंकि ये पशु उपद्रवस्तोभ के उपासक हैं।

अथ यत्प्रथमास्तमिते तन्निधनं तदस्य पितरोऽन्वायत्तास्तस्मात्तान्निदधति निधनभाजिनो ह्येतस्य साम्न एवं खल्वमुमादित्यꣳ सप्तविधꣳ सामोपास्ते ॥8॥

इति नवमः खण्डः ॥

और भी एक उपासना कहते हैं—प्रथम अस्तकाल में जो सूर्यरूप है, वह निधन है। उस सूर्यरूप में पितृलोग प्रविष्ट है। अतः दर्भ पर पितृओं को (पिता, पितामह आदि के रूप में) रखा जाता है। क्योंकि वे पितृ साम के निधनस्तोभ के उपासक हैं। इसलिए जो उपासक सात प्रकार के साम की सूर्य-रूप में उपासना करता है, सूर्यतुल्य ही हो जाता है।

(यहाँ नौवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

अथ खल्वात्मसंमितमतिमृत्यु सप्तविधꣳ सामोपासीत हिंकार इति त्र्यक्षरं प्रस्ताव इति त्र्यक्षरं तत्समम् ॥1॥

अब समान अक्षरों वाले मृत्यु से अतीत सप्तविध साम की उपासना करनी चाहिए—यह कहते हैं। 'हिंकार' तीन अक्षरों वाला है और 'प्रस्ताव' भी तीन अक्षरोंवाला है। अतः दोनों समान हैं।

आदिरिति द्व्यक्षरं प्रतिहार इति चतुरक्षरं तत इहैकं तत्समम् ॥2॥

'आदि' दो अक्षरवाला है और 'प्रतिहार' चार अक्षरवाला है। यदि प्रतिहार से एक अक्षर निकालकर आदि में जोड़ा जाय, तो दोनों समान होंगे। उपासक को चाहिए कि वह ऐसा चिन्तन करके ही इन दोनों की उपासना करे।

उद्गीथ इति त्र्यक्षरमुपद्रव इति चतुरक्षरं त्रिभिस्त्रिभिः समं भवत्यक्षरमतिशिष्यते त्र्यक्षरं तत्समम् ॥3॥

'उद्गीथ' तीन अक्षरवाला है और 'उपद्रव' चार अक्षरवाला है। दोनों में तीन अक्षरों की तो समानता है, पर 'उपद्रव' में एक अक्षर बढ़ जाता है। पर उसमें भी तीन अक्षर होने की समानता तो है ही।

निधनमिति त्र्यक्षरं तत्सममेव भवति तानि ह वा एतानि द्वाविꣳशतिरक्षराणि ॥4॥

'निधन' यह तीन अक्षरों वाला नाम है। वह तो समान ही है। ये सब मिलकर बाईस अक्षर होते हैं। (छः स्तोभों के 19 और निधन के 3 = 22)

एकविꣳशत्यादित्यमाप्नोत्येकविꣳशो वा इतोऽसावादित्यो द्वाविꣳशेन परमादित्याज्जयति तन्नाकं तद्विशोकम् ॥5॥

उपासक इक्कीस अक्षरों से आदित्य को प्राप्त होता है। वह सूर्यलोक, इस लोक से इक्कीसवाँ

है। बाइसवें अक्षर से सूर्यलोक से ऊपर के लोक को उपासक जीतता है। वह लोक सुखरूप और शोकरहित है।

आप्नोति हादित्यस्य जयं परो ह्यस्यादित्यजयाज्जयो भवति य एतदेवं विद्वानात्मसंमितमतिमृत्यु सप्तविधꣳ सामोपास्ते सामोपास्ते ॥6॥

इति दशमः खण्डः ॥

जो उपासक पूर्वोक्त प्रकार से ज्ञानपूर्वक परमात्मतुल्य, मृत्युजयी, सात प्रकार के साम की उपासना करता है, वह अवश्य सूर्य पर विजय पा लेता है और आदित्यजय के बाद भी जय (ब्रह्मलोक) की प्राप्ति उसे अवश्य होती है।

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

मनो हिंकारो वाक्प्रस्तावश्चक्षुरुद्गीथः श्रोत्रं प्रतिहारः प्राणो निधनमेतद्गायत्रं प्राणेषु प्रोतम् ॥1॥

मन हिंकार है, वाणी प्रस्ताव है, चक्षु उद्गीथ है, श्रोत्र प्रतिहार है, प्राण निधन है। यह गायत्र (साम) प्राणों में पिरोया हुआ है।

स य एवमेतद्गायत्रं प्राणेषु प्रोतं वेद प्राणी भवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या महामनाः स्यात्तद्व्रतम् ॥2॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

जो महात्मा इस गायत्रसाम की उपासना इन्द्रियसहित प्राण में करता है, वह इन्द्रियशक्ति से सम्पन्न होता है, पूर्ण आयुष्य पाता है, उसका अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है, सन्तान-पशु आदि से बड़ा होता है, बड़ा यशस्वी होता है, उदारहृदय होता है, यह उसका व्रत है।

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

अभिमन्थति स हिंकारो धूमो जायते स प्रस्तावो ज्वलति स उद्गीथोऽङ्गारा भवन्ति स प्रतिहार उपशाम्यति तन्निधनꣳ सꣳशाम्यति तन्निधनमेतद्रथन्तरमग्नौ प्रोतम् ॥1॥

अरणिमन्थन से उत्पन्न अग्नि हिंकार है, धूम प्रस्ताव है, जलता है वह उद्गीथ है, जो अंगारे हैं वह प्रतिहार है, शान्त होना वह निधन है, पूर्ण शान्त होना भी निधन है। यह 'रथ्यन्तर' नामक साम अग्नि में अनुस्यूत है।

स य एवमेतद्रथन्तरमग्नौ प्रोतं वेद ब्रह्मवर्चस्यन्नादो भवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या न प्रत्यङ्ङग्निमाचामेन्न निष्ठीवेत्तद्व्रतम् ॥2॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

जो साधक अग्नि में अनुगत इस 'रथ्यन्तर' साम को इस तरह जानता है, वह विद्यावान और ज्ञानवान बनता है। पुष्ट शरीर और पूर्ण आयुष्य पाता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, पशु-संतान से महान् और बड़ा यशस्वी होता है। उनका ऐसा व्रत है कि जिसमें अग्नि के सामने मुँह रखकर भोजन नहीं करते और उसके आगे थूकते नहीं हैं।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

उपमन्त्रयते स हिंकारो ज्ञपयते स प्रस्तावः स्त्रिया सह शेते स उद्गीथः प्रति स्त्रीं सह शेते स प्रतिहारः कालं गच्छति तन्निधनं पारं गच्छति तन्निधनमेतद्वामदेव्यं मिथुने प्रोतम् ॥1॥

संकेत करते हैं वह हिंकार है, मीठी-मीठी बातें प्रस्ताव है, स्त्री के साथ सोता है वह उद्गीथ है, अनेक पत्नियों में से एक पत्नी के साथ सोता है वह प्रतिहार है, मैथुन में समय व्यतीत करता है वह निधन है, मैथुनक्रिया की समाप्ति भी निधन ही है। यह वामदेव्य साम मिथुन में ओतप्रोत (सम्बद्ध) है।

स य एवमेतद्वामदेव्यं मिथुने प्रोतं वेद मिथुनीभवति मिथुनान्मिथुनात्प्रजायते सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या न कांचन परिहरेत्तद्व्रतम् ॥2॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

जो उपासक इस वामदेव्य नामक साम की पूर्वोक्त रीति से उपासना करता है, वह सदा स्त्री के साथ ही रहता है। प्रत्येक मैथुन से सन्तानोत्पत्ति करता है, पूर्ण आयुष्य भोगता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, सन्तान-पशुओं से बड़ा होता है, बहुत यशस्वी होता है। अपनी किसी स्त्री का त्याग न करना ही उसका व्रत होता है।

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

उद्यन्हिंकार उदितः प्रस्तावो मध्यन्दिन उद्गीथोऽपराह्णः प्रतिहारोऽस्तं यन्निधनमेतद् बृहदादित्ये प्रोतम् ॥1॥

उगता हुआ सूर्य हिंकार है, उदित सूर्य प्रस्ताव है, मध्याह्न का सूर्य उद्गीथ है, अपराह्न का सूर्य प्रतिहार है, और अस्त निधन है। यह बृहत्साम सूर्य में स्थित है।

स य एवमेतद् बृहदादित्ये प्रोतं वेद तेजस्व्यन्नादो भवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या तपन्तं न निन्देत् तद्व्रतम् ॥2॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

जो साधक आदित्य में इस बृहत्साम की उपासना करता है, वह तेजस्वी अन्न पचानेवाला होता है, पूर्ण आयुष्य पाता है, संतान-पशुओं से बड़ा होता है, बहुत यशस्वी होता है, उज्ज्वल जीवन जीता है। तपते सूर्य की निन्दा न करना ही यहाँ व्रत है।

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशः खण्डः

अभ्राणि सम्प्लवन्ते स हिंकारो मेघो जायते स प्रस्तावो वर्षति स उद्गीथो विद्योतते स्तनयति स प्रतिहार उद्गृह्णाति तन्निधनमेतद्वैरूपं पर्जन्ये प्रोतम् ॥1॥

बादल एकत्रित होते हैं वह हिंकार है, मेघ उत्पन्न होता है वह प्रस्ताव है, बरसता है वह उद्गीथ है, चमकता और गड़गड़ाहट करता है वह प्रतिहार है, वृष्टि का उपसंहार निधन है। वह वैरूप नामक साम मेघ में ओतप्रोत है।

स य एवमेतद्वैरूपं पर्जन्ये प्रोतं वेद विरूपाꣳश्च सुरूपाꣳश्च पशूनवरुन्धे सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या वर्षन्तं न निन्देत्तद्व्रतम् ॥2॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

जो पुरुष इस 'वैरूप' साम को इस प्रकार पर्जन्य में ओतप्रोत जानकर उपासना करता है, वह कुरूप और सुरूप पशु प्राप्त करता है, पूर्ण आयुष्य भोगता है, तेजस्वी जीवन जीता है, प्रजाओं और पशुओं से बड़ा होता है, बहुत यशस्वी होता है। बरसते हुए की निन्दा न करना यहाँ नियम है।

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षोडशः खण्डः

वसन्तो हिंकारो ग्रीष्मः प्रस्तावो वर्षा उद्गीथः शरत्प्रतिहारो हेमन्तो निधनमेतद्वैराजमृतुषु प्रोतम् ॥1॥

वसन्त हिंकार है, ग्रीष्म प्रस्ताव है, वर्षा उद्गीथ है, शरत् प्रतिहार है, हेमन्त निधन है—वह वैराज साम ऋतुओं में अनुस्यूत है।

स य एवमेतद्वैराजमृतुषु प्रोतं वेद विराजति प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्यर्तून्न निन्देत्तद्व्रतम् ॥2॥

इति षोडशः खण्डः ॥

जो उपासक वैराज साम को पूर्वोक्त प्रकार से ऋतुओं में अनुगत मानकर उपासना करता है, वह सन्तानों, पशुओं और ब्रह्मतेज से शोभित होता है। पूर्ण आयु भोगता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, सन्तानों, पशुओं और कीर्ति से बड़ा होता है। ऋतुओं की निन्दा न करना ही नियम है।

(यहाँ सोलहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तदशः खण्डः

पृथिवी हिंकारोऽन्तरिक्षं प्रस्तावो द्यौरुद्गीथो दिशः प्रतिहारः समुद्रो निधनमेताः शक्वर्यो लोकेषु प्रोताः ॥1॥

पृथ्वी हिंकार है, अन्तरिक्ष प्रस्ताव है, द्यौ उद्गीथ है, दिशाएँ प्रतिहार हैं, समुद्र निधन है। वह शक्वरी साम लोकों में ओतप्रोत है।

स य एवमेताः शक्वर्यो लोकेषु प्रोता वेद लोकी भवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या लोकान्न निन्देत्तद्व्रतम् ॥2॥

इति सप्तदशः खण्डः ॥

जो उपासक शक्वरी साम को इस प्रकार लोकों में अनुस्यूत जानता है, वह लोकवान होता है, पूरा आयुष्य भोगता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, संतति और पशुओं से भी महान् बनता है, बड़ा यशस्वी होता है। लोकों की निन्दा न करे—यह नियम है।

(यहाँ सत्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टादशः खण्डः

अजा हिंकारोऽवयः प्रस्तावो गाव उद्गीथोऽश्वाः प्रतिहारः पुरुषो निधनमेता रेवत्यः पशुषु प्रोताः ॥1॥

बकरे हिंकार हैं, भेड़ें प्रस्ताव हैं, गायें उद्गीथ हैं, घोड़े प्रतिहार हैं, पुरुष निधन है। इस प्रकार से रेवती साम पशुओं में ओतप्रोत है।

स य एवमेता रेवत्यः पशुषु प्रोता वेद पशुमान्भवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या पशून्न निन्देत्तद्व्रतम् ॥2॥

इत्यष्टादशः खण्डः ॥

जो उपासक इस रेवती साम को पशुओं में ओतप्रोत जानता है, वह पशुवाला होता है, पूरा आयुष्य भोगता है, ओजस्वी जीवन जीता है, प्रजा और पशुओं से बड़ा होता है, बहुत यशस्वी होता है। पशुओं की निन्दा न करना यहाँ नियम है।

(यहाँ अठारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकोनविंशतिः खण्डः

लोम हिंकारस्त्वक्प्रस्तावो माꣳसमुद्गीथोऽस्थि प्रतिहारो मज्जा निधनमेतद्यज्ञायज्ञीयमङ्गेषु प्रोतम् ॥1॥

रोंगटे हिंकार हैं, त्वचा प्रस्ताव है, मांस उद्गीथ है, हड्डियाँ प्रतिहार हैं, मज्जा निधन है। इस प्रकार यह यज्ञायज्ञीय साम अंगों में ओतप्रोत है।

स य एवमेतद्यज्ञायज्ञीयमङ्गेषु प्रोतं वेदाङ्गी भवति नाङ्गेन विहूर्च्छति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या संवत्सरं मज्झो नाश्नीयात्तद्व्रतं मज्झो नाश्नीयादिति वा ॥2॥

इत्येकोनविंशः खण्डः ॥

जो उपासक इस यज्ञायज्ञीय साम को अंगों में ओतप्रोत होते हुए जानता है, वह सबल अंगोंवाला होता है। किसी अंग से खण्डित नहीं होता। पूरी आयु भोगता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, सन्तति और पशुओं से महान् होता है, बड़ा यशस्वी बनता है। एक वर्ष तक मांस न खाना यहाँ नियम है। अथवा तो मांस ही न खाना—यह नियम है।

(यहाँ उन्नीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

विंशः खण्डः

अग्निर्हिंकारो वायुः प्रस्ताव आदित्य उद्गीथो नक्षत्राणि प्रतिहारश्चन्द्रमा निधनमेतद्राजनं देवतासु प्रोतम् ॥1॥

अग्नि हिंकार है, वायु प्रस्ताव है, आदित्य उद्गीथ है, नक्षत्र प्रतिहार है, चन्द्रमा निधन है। यह राजन साम देवताओं में ओतप्रोत है।

स य एवमेतद्राजनं देवतासु प्रोतं वेदैतासामेव देवतानाꣳ सलोकताꣳ सार्ष्टिताꣳ सायुज्यं गच्छति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति महान्प्रजया पशुभिर्भवति महान्कीर्त्या ब्राह्मणान्न निन्देत्तद्व्रतम् ॥2॥

इति विंशः खण्डः ॥

जो साधक इस प्रकार राजन साम को देवताओं में ओतप्रोत जानकर उपासना करता है, वह इन देवताओं के सालोक्य और ऐश्वर्य को प्राप्त करता है, पूर्ण आयु पाता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, सन्तान और पशुओं से बड़ा होता है। बहुत यशस्वी होता है। ब्राह्मणों की निन्दा न करना, यहाँ नियम है।

(यहाँ बीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकविंशः खण्डः

त्रयी विद्या हिंकारस्त्रय इमे लोकाः स प्रस्तावोऽग्निर्वायुरादित्यः स उद्गीथो नक्षत्राणि वयाꣳसि मरीचयः स प्रतिहारः सर्पा गन्धर्वाः पितरस्तन्निधनमेतत्साम सर्वस्मिन्प्रोतम् ॥1॥

तीनों वेद हिंकार हैं; तीनों लोक (पृथ्वी-अन्तरिक्ष-स्वर्ग) प्रस्ताव है; अग्नि, वायु और आदित्य—ये उद्गीथ हैं; नक्षत्र, पक्षी और किरणें—प्रतिहार हैं; सर्प, गंधर्व और पितृ—ये निधन हैं। यह सामोपासना सबमें अनुगत है।

स य एवमेतत्साम सर्वस्मिन्प्रोतं वेद सर्वꣳ ह भवति ॥2॥

इस तरह जो इस साम को सबमें अनुगत जानकर उपासना करता है, वह सर्वरूप होता है।

तदेष श्लोको यानि पञ्चधा त्रीणि त्रीणि तेभ्यो न ज्यायः परमन्यदस्ति ॥3॥

इस खण्ड में हिंकारादि पाँच अंग सहित तीन रूप वाले साम कहे गए हैं, उनसे ज्यादा उत्तम कोई भी पदार्थ नहीं है। इस विषय में यह श्लोक है—

यस्तद्वेद स वेद सर्वꣳ सर्वा दिशो बलिमस्मै हरन्ति सर्वमस्मीत्युपासीत तद्व्रतं तद्व्रतम् ॥4॥

इत्येकविंशः खण्डः ॥

जो इसे जानता है, सब जानता है, उसे सभी दिशाएँ बलि समर्पित करती हैं। "मैं सब कुछ जानता हूँ"—ऐसी भावना करनी चाहिए। सर्वात्मक साम को जाननेवाले का यह नियम है। यह व्रत है।

(यहाँ इक्कीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वाविंशः खण्डः

विनर्दि साम्नो वृणे पशव्यमित्यग्नेरुद्गीथोऽनिरुक्तः प्रजापतेर्निरुक्तः सोमस्य मृदु श्लक्ष्णं वायो श्लक्ष्णं बलवदिन्द्रस्य क्रौञ्चं बृहस्पतेरपध्वान्तं वरुणस्य तान्सर्वानेवोपसेवेत वारुणं त्वैव वर्जयेत् ॥1॥

जो अग्निरूपी सामगान है, वह पशुओं की वृद्धि करनेवाला है, वह गाय-बछड़े के शब्द जैसा है। जो उद्गीथरूप ब्रह्मा का गान है, वह अनिरुक्त शब्दवाला है। जो निरुक्त शब्दवाला गान है, वह चन्द्रमा का है। जो गान केवल कर्णमधुर है, वह वायु का है। जो गान प्रिय और उच्च स्वरवाला है, वह इन्द्र का है। जो गान सारसपक्षी के स्वर-सा है, वह बृहस्पति का है, जो गान टूटे हुए कांस्य घण्ट का-सा है, वह वरुण का है। उन्हीं सब सामगानों की उपासना करनी चाहिए। परन्तु वरुण देवता से सम्बद्ध अप्रिय साम का त्याग करना चाहिए। इस प्रकार मैं पूर्वोक्त प्रकार को चाहता हूँ—ऐसा एक उद्गाता कहता है।

अमृतत्वं देवेभ्य आगायानीत्यागायेत्स्वधां पितृभ्य आशां मनुष्येभ्यस्तृणोदकं पशुभ्यः स्वर्गं लोकं यजमानायान्नमात्मन आगायानीत्येतानि मनसा ध्यायन्नप्रमत्तः स्तुवीत ॥2॥

एक उद्गाता कहता है कि—"मैं देवताओं के लिए अमृत का गान करूँ, पितृओं के लिए स्वधासम्बन्धी सामगान करूँ, मनुष्यों के लिए आशा सम्बन्धी सामगान करूँ, पशुओं के लिए घास-पानी सम्बन्धी साम का गान करूँ, यजमान के लिए स्वर्गलोक सम्बन्धी और अपने लिए अन्न सम्बन्धी साम का गान करूँ।" इस प्रकार मन से चिन्तन करके स्वरव्यंजन से सावधान होकर सामगान करना चाहिए।

सर्वे स्वरा इन्द्रस्यात्मानः सर्व ऊष्माणः प्रजापतेरात्मानः सर्वे स्पर्शा मृत्योरात्मानस्तं यदि स्वरेषूपालभेतेन्द्रꣳ शरणं प्रपन्नोऽभूवं स त्वा प्रति वक्ष्यतीत्येनं ब्रूयात् ॥3॥

सभी स्वर इन्द्र के अंग हैं। सभी उष्माक्षर प्रजापति के अंगभूत हैं। सभी स्पर्शव्यंजन मृत्यु के अंगीभूत हैं। कोई भी मनुष्य यदि उद्गाता को अशुद्ध उच्चारण करते हुए देख लें, तो उद्गाता को कहना चाहिए कि—"मैं इन्द्र की शरण में गया हूँ। तेरे प्रश्न का वे उत्तर देंगे।"

अथ यद्येनमूष्मसूपालभेत प्रजापतिꣳ शरणं प्रपन्नोऽभूवं स त्वा प्रति पेक्ष्यतीत्येनं ब्रूयादथ यद्येनꣳस्पर्शेषूपालभेत मृत्युꣳ शरणं प्रपन्नोऽभूवं स त्वा प्रतिवक्ष्यतीत्येनं ब्रूयात् ॥4॥

यदि कोई उस साम-उद्गाता को ऊष्माक्षरों के अशुद्ध उच्चारण के लिए उलाहना दे तो उसको यह कहना चाहिए कि "मैं प्रजापति की शरण में गया हूँ, वह तुम्हें पीस डालेंगे।" और यदि कोई उस सामगाता को स्पर्शव्यंजनों के अशुद्ध उच्चारण करने के लिए उलाहना दे तो, उसको यह कहना चाहिए कि "मैं मृत्यु की शरण में गया हूँ, वह तुम्हें भस्म कर डालेंगे"।

सर्वे स्वरा घोषवन्तो बलवन्तो वक्तव्या इन्द्रे बलं ददानीति सर्वे ऊष्माणोऽग्रस्ता अनिरस्ता विवृता वक्तव्याः प्रजापतेरात्मानं परिददानीति सर्वे स्पर्शा लेशेनानभिनिहिता वक्तव्या मृत्योरात्मानं परिहराणीति ॥5॥

इति द्वाविंशः खण्डः ॥

"मैं अपना बल इन्द्र को देता हूँ"—ऐसी भावना करके सभी स्वर गंभीर और उच्च आवाज से बोलने चाहिए। "मैं अपनी आत्मा प्रजापति को सौंपता हूँ"—ऐसी भावना करके ऊष्माक्षर मुँह में बिना दबाए, जैसे-तैसे बिना फेंके ठीक तरह की खुली आवाज से बोलने चाहिए। "मैं अपने को मृत्यु से बचा लूँ"—ऐसी धारणा करके सभी स्पर्श व्यंजन जिसका परस्पर मिश्रण न हो, इस प्रकार से स्पष्ट उच्चारण करके ही बोलने चाहिए।

(यहाँ बाईसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोविंशः खण्डः

त्रयो धर्मस्कन्धा यज्ञोऽध्ययनं दानमिति प्रथमस्तप एव द्वितीयो ब्रह्मचार्याचार्यकुलवासी तृतीयोऽत्यन्तमात्मानमाचार्यकुलेऽवसादयन्सर्व एते पुण्यलोका भवन्ति ब्रह्मसꣳस्थोऽमृतत्वमेति ॥1॥

धर्म के तीन भाग हैं। प्रथम भाग यज्ञ, वेदाध्ययन और दान है। द्वितीय भाग तपश्चर्या है। तृतीय भाग कष्टदायक तपश्चरण करते हुए आचार्य के घर में निवास करना है। ऐसे तपस्वी पुण्यलोक प्राप्त करते हैं, पर ब्रह्मोपासक तो मोक्ष ही प्राप्त करता है।

प्रजापतिर्लोकानभ्यतपत्तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रयी विद्या सम्प्रास्रवत्तामभ्यतपत्तस्या अभितप्ताया एतान्यक्षराणि सम्प्रास्रवन्त भूर्भुवः स्वरिति ॥2॥

प्रजापति ने लोकों के लिए तप किया। सन्तप्त हुए उन लोकों से तीन वेद निकले। उन तीन वेदों से तप (विचार) किया तो अभितप्त हुई उस त्रयी विद्या से भूः, भुवः और स्वः—ये तीन व्याहृतियाँ निकल पड़ीं (तीन अक्षर निकले)।

तान्यभ्यतपत्तेभ्योऽभितप्तेभ्य ॐकारः सम्प्रास्रवत्तद्यथा शङ्कुना सर्वाणि पर्णानि सन्तृण्णान्येवमोंकारेण सर्वावाक् सन्तृण्णोंकार एवेदꣳ सर्वमोंकार एवेदꣳ सर्वम् ॥3॥

इति त्रयोविंशः खण्डः ॥

बाद में प्रजापति ने उन अक्षरों का परीक्षण किया। उन परीक्षित अक्षरों से ॐकार निकला। जिस तरह नसों के द्वारा सभी पत्ते व्याप्त होते हैं, उसी तरह ॐकार से समस्त वाणी व्याप्त है। केवल ॐकार ही यह सब कुछ है।

(यहाँ तेईसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्विंशः खण्डः

ब्रह्मवादिनो वदन्ति यद्वसूनां प्रातःसवनꣳ रुद्राणां माध्यन्दिनꣳ सवनमादित्यानां च विश्वेषां च देवानां तृतीयसवनम् ॥1॥

ब्रह्मवादी कहते हैं कि जो सुबह का होम है, वह वसुओं के लिए है, जो मध्याह्न का हवन है, वह रुद्रों के लिए है और जो तीसरा होम (संध्या का) करते हैं वह आदित्यों के लिए और विश्वदेवों के लिए है।

क्व तर्हि यजमानस्य लोक इति स यस्तं न विद्यात्कथं कुर्यादथ विद्वान्कुर्यात् ॥2॥

यदि ऐसा ही है तो यजमान का यज्ञफलरूप लोक कहाँ है? यदि यजमान वह नहीं जानता, तो फिर भला वह यज्ञ ही क्यों करेगा? इसलिए उसे जाननेवाला ही यज्ञ करेगा।

पुरा प्रातरनुवाकस्योपाकरणाज्जघनेन गार्हपत्यस्योदङ्मुख उपविश्य स वासवꣳ सामाभिगायति ॥3॥

सुबह में 'शस्त्र' नामक स्तोत्र का प्रारंभ करने से पहले, गार्हपत्य अग्नि के पीछे उत्तराभिमुख बैठकर वह यजमान वसुदेवता सम्बन्धी साम का गान करे (करता है)।

लो ३ कद्वारमपावा ३ र्णू ३३ पश्येम त्वा वयꣳरा ३ ३ ३ ३ ३ हुं ३ आ ३३ जा ३ यो ३ आ ३२१११ इति ॥4॥

हे अग्निदेव! मेरे लिए पृथ्वीलोक के द्वार को खोल दीजिए, जिससे मैं आपको देखूँ और ऐश्वर्य पाऊँ।

अथ जुहोति नमोऽग्नये पृथिवीक्षिते लोकक्षिते लोकं मे यजमानाय विन्दैष वै यजमानस्य लोक एतास्मि ॥5॥

इसके बाद यजमान इस मंत्र के द्वारा हवन करता है—"पृथ्वी में रहनेवाले (इस लोक के निवासी) अग्निदेव को नमस्कार। मुझ यजमान को आप पुण्यलोक की प्राप्ति कराइए। मैं अवश्य ही इस पुण्यलोक में जानेवाला हूँ।"

अत्र यजमानः परस्तादायुषः स्वाहाऽपजहि परिघमित्युक्त्वोत्तिष्ठति तस्मै वसवः प्रातःसवनꣳ सम्प्रयच्छन्ति ॥6॥

इस लोक में यजमान हवन करते हुए बोलता है कि—"मेरी आयु पूरी होने के बाद मैं उस लोक में जाना चाहता हूँ—स्वाहा।" और भी—"जब मैं आऊँ, तब पृथ्वीलोक के दरवाजे की आड़ को दूर करके दरवाजा खोल देना।"—यह मंत्र बोलकर वह खड़ा होता है। वसुदेवताएँ उसे वह फल देती हैं।

पुरा माध्यन्दिनस्य सवनस्योपाकरणाज्जघनेनाग्नीधीयस्योदङ्मुख उपविश्य स रौद्रꣳ सामाभिगायति ॥7॥

मध्याह्न के यज्ञ के प्रारंभ से पहले, दक्षिणाग्नि के पीछे से उत्तराभिमुख होकर यजमान रुद्रदेवता सम्बन्धी साम का गान करता है कि—

लो ३ कद्वारमपावा ३ र्णू ३३ पश्येम त्वा वयं वैरा ३३३३३ हुं ३ आ ३३ ज्या ३ यो ३ आ ३२१११ इति ॥8॥

"हे अग्नि! अन्तरिक्ष के द्वार को खोल दीजिए, जिससे हम अन्तरिक्ष लोक को प्राप्त करने के लिए आपको देखें।

अथ जुहोति नमो वायवेऽन्तरिक्षक्षिते लोकक्षिते लोकं मे यजमानाय विन्दैष वै यजमानस्य लोक एतास्मि ॥9॥

बाद में यजमान इस मंत्र के द्वारा हवन करता है—"अन्तरिक्ष में रहनेवाले अन्तरिक्षवासी वायुदेव को नमस्कार हो। मुझ यजमान को आप अन्तरिक्षलोक की प्राप्ति कराइए। यजमान का वही लोक है, मैं उसे प्राप्त करूँगा।"

अत्र यजमानः परस्तादायुषः स्वाहाऽपजहि परिघमित्युक्त्वोत्तिष्ठति तस्मै रुद्रा माध्यन्दिनꣳ सवनꣳ सम्प्रयच्छन्ति ॥10॥

यहाँ यजमान "आयुष्य पूर्ण होने के बाद मैं अन्तरिक्षलोक पाऊँगा स्वाहा"—वह बोलकर होम करता है। और, "लोकद्वार की आड़ को दूर कीजिए"—ऐसा बोलकर उठ जाता है। तब रुद्र उसे मध्याह्न के हवन का फल देते हैं।

पुरा तृतीयसवनस्योपाकरणाज्जघनेनाहवनीयस्योदङ्मुख उपविश्य स आदित्यꣳ स वैश्वदेवꣳ सामाभिगायति ॥11॥

सायंकालीन यज्ञारंभ के पहले यजमान आहवनीय अग्नि के पीछे उत्तराभिमुख बैठकर आदित्यसम्बन्धी और वैश्वदेवसम्बन्धी साम का भी गान करता है कि—

लो ३ कद्वारमपावा ३ र्णू ३३ पश्येम त्वा वयꣳस्वारा ३३३३३ हुं ३ आ ३३ ज्या ३ यो ३ आ ३२१११ इति ॥12॥

हे अग्नि! कृपा करके मेरे प्राप्य लोक का द्वार खोल दीजिए, कि जिससे हम स्वाराज्य प्राप्त करने के लिए आपके दर्शन पा सकें।

आदित्यमथ वैश्वदेवं लो ३ कद्वारमपावा ३ र्णू ३३ पश्येम त्वा वयꣳ साम्ना ३३३३३ हुं ३ आ ३३ ज्या ३ यो ३ आ ३२१११ इति ॥13॥

(पूर्वमंत्र आदित्य के लिए था और अब वैश्वदेव के लिए है कि—) हे अग्नि! हमारे प्राप्य लोक का द्वार खोल दीजिए, जिससे स्वाराज्य प्राप्त करने के लिए हम आपके दर्शन पा सकें।

अथ जुहोति नम आदित्येभ्यश्च विश्वेभ्यश्च देवेभ्यो दिविक्षिद्भ्यो लोकक्षिद्भ्यो लोकं मे यजमानाय विन्दत ॥14॥

अब यजमान होम करते हुए कहता है—"स्वर्गस्थ द्युलोकवासी आदित्यों को नमस्कार। मुझ यजमान को पुण्यलोक की प्राप्ति कराइए।

एष वै यजमानस्य लोक एतास्यत्र यजमानः परस्तादायुषः स्वाहाऽपहतपरिघमित्युक्त्वोत्तिष्ठति ॥15॥

"यह स्वर्गलोक अवश्य ही यजमान का लोक है। मैं मृत्यु के बाद उसी लोक में जानेवाला हूँ, स्वाहा"—"स्वर्ग के दरवाजे की आड़ को दूर कर दीजिए।"—ऐसा मंत्र कहकर यजमान खड़ा हो जाता है।

तस्मा आदित्याश्च विश्वे च देवास्तृतीयꣳ सवनꣳ सम्प्रयच्छन्त्येष ह वै यज्ञस्य मात्रां वेद य एवं वेद य एवं वेद ॥16॥

इति चतुर्विंशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि द्वितीयोऽध्यायः ॥2॥

उस यजमान को आदित्य और विश्वदेव तीसरे सवन का फल देते हैं। जो इस प्रकार जानता है, वह निश्चय ही यज्ञ के यज्ञार्थ स्वरूप को जानता है।

(यहाँ चौबीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् का द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ।

अथ तृतीयोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ असौ वा आदित्यो देवमधु तस्य द्यौरेव तिरश्चीनवꣳशोऽन्तरिक्ष-मपूपो मरीचयः पुत्राः ॥1॥

यह सूर्य देवों का मधु है, द्युलोक एक तिरछा बाँस है, अन्तरिक्ष उस बाँस पर आया हुआ शहद का छत्ता (मोहार) है, उस छत्ते में सूर्य शहद (मधु) है, और किरणें उस छत्ते में रहनेवाले मक्खियों के बच्चे हैं।

तस्य ते प्राञ्चो रश्मयस्ता एवास्य प्राच्यो मधुनाड्य ऋच एष मधुकृत ऋग्वेद एव पुष्पं ता अमृता आपस्ता वा एता ऋचः ॥2॥

पूर्वदिशा की सूर्यकिरणें इस अन्तरिक्षरूप छत्तों के पूर्वीय छिद्र हैं, ऋचाएँ मधुमक्खियाँ हैं, ऋग्वेद पुष्प है, वे सोमरसादि प्रवाही (जल) है—ये ऋचाएँ हैं।

एतमृग्वेदमभ्यतपꣳस्तस्याभितप्तस्य यशस्तेज इन्द्रियं वीर्यमन्नाद्यꣳ रसोऽजायत ॥3॥

इन ऋचारूप मधुमक्खियों ने ही ऋग्वेद को अभितप्त किया। तप्त हुए उस ऋग्वेद से (ऋग्वेदनिर्दिष्ट यज्ञादि क्रियाओं से) यश, तेज, नीरोगी इन्द्रियाँ, बल, अन्नादि—ये सब फल मिलते हैं। वे फल ही रस है (वह यज्ञादि से उत्पन्न होता है)।

तद्वयक्षरत्तदादित्यमभितोऽश्रयत्तद्वा एतद्यदेतदादित्यस्य रोहितꣳ-रूपम् ॥4॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

यज्ञकर्म से यश आदि जो क्रियाशील हुआ उसने सूर्य के पूर्वभाग में आश्रय लिया। इसलिए सूर्य का जो लाल रूप दीखता है, वह यज्ञ-कर्मों के फलरूप यश, कान्ति आदि है।

(यहाँ पर पहला खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयः खण्डः

अथ येऽस्य दक्षिणा रश्मयस्ता एवास्य दक्षिणा मधुनाड्यो यजूꣳष्येव मधुकृतो यजुर्वेद एव पुष्पं ता अमृता आपः ॥1॥

सूर्य की दक्षिण की ओर की किरणें ही छत्ते (मोहार) के दक्षिण ओर के छिद्र हैं, यजुर्वेद के यज्ञमन्त्र ही मधुमक्खियाँ हैं, यजुर्वेद की यज्ञक्रियाएँ ही पुष्प हैं, सोमादि वनस्पति (अमृतरूप) ही जल है।

तानि वा एतानि यजूꣳष्येतं यजुर्वेदमभ्यतपꣳस्तस्याभितप्तस्य यशस्तेज इन्द्रियं वीर्यमन्नाद्यꣳरसोऽजायत ॥2॥

यजुर्वेद निर्दिष्ट यज्ञादि क्रियाओं से यश, शरीर का तेज और बल बढ़ता है; इन्द्रियाँ नीरोगी बनती हैं तथा अन्नादि पदार्थ मिलते हैं। यजुःश्रुतियों ने यजुर्वेद को अभितप्त किया। उस अभितप्त यजुर्वेद से यह सब होता है।

तद्वयक्षरत्तदादित्यमभितोऽश्रयत्तद्वा एतद्यदेतदादित्यस्य शुक्लꣳ रूपम् ॥3॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

वह रस नीचे स्रवित होता है, सूर्य में ढलता है। सूर्य में जो श्वेत तेज दीखता है, वह वही रस है।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

अथ येऽस्य प्रत्यञ्चो रश्मयस्ता एवास्य प्रतीच्यो मधुनाड्यः सामान्येव मधुकृतः सामवेद एव पुष्पं ता अमृता आपः ॥1॥

सूर्य की पश्चिमी किरणें इस आदित्यरूप छत्ते के पश्चिम के छिद्र हैं, साममन्त्र ही मधुमक्खियाँ हैं, सामनिर्दिष्ट विधि ही पुष्प है और वही सोमादि अमृत है।

तानि वा एतानि सामान्येतꣳ सामवेदमभ्यतपꣳस्तस्याभितप्तस्य यशस्तेज इन्द्रियं वीर्यमन्नाद्यꣳ रसोऽजायत ॥2॥

इन साममन्त्रों ने ही सामनिर्दिष्ट कर्मों को अभितप्त किया। उस अभितप्त कर्म से ही यश, शरीरकान्ति और बल बढ़ता है, इन्द्रियाँ नीरोगी होती हैं, अन्नादि मिलते हैं—ये फल ही सामवेद का सार हैं।

तद्वयक्षरत्तदादित्यमभितोऽश्रयत्तद्वा एतद्यदेतदादित्यस्य परं कृष्णꣳ-रूपम् ॥3॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

उस रस ने विशिष्ट गति की। उसने आदित्य के पास आश्रय लिया। सूर्य का जो काला रूप दीखता है, वही वह रस है।

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

अथ येऽस्योदञ्चो रश्मयस्ता एवास्योदीच्यो मधुनाड्योऽथर्वाङ्गिरस एव मधुकृत इतिहासपुराणं पुष्पं ता अमृता आपः ॥1॥

सूर्य की उत्तरी किरणें ही उत्तर के मधुछिद्र हैं, अथर्ववेद के मन्त्र ही मधुमक्खियाँ हैं, इतिहास और पुराण ही पुष्प हैं और वेदमन्त्रों से दिया हुआ जल ही अमृत है।

ते वा एतेऽथर्वाङ्गिरस एतदितिहासपुराणमभ्यतपꣳस्तस्याभितप्तस्य यशस्तेज इन्द्रियं वीर्यमन्नाद्यꣳ रसोऽजायत ॥2॥

उन अथर्वणमन्त्रों ने इस इतिहासपुराण को अभितप्त किया। अभितप्त इतिहासपुराण से ही कीर्ति, प्रताप, बल, अन्नादिरूप रस उत्पन्न हुआ।

तद्व्यक्षरत्तदादित्यमभितोऽश्रयत्तद्वा एतद्यदेतदादित्यस्य परं कृष्णꣳरूपम् ॥3॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

ये यश आदि रस सूर्य से निकलकर सूर्य के चारों ओर फैल गए। सूर्य का जो काला रूप दीख पड़ता है, वही ये रस हैं।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

अथ येऽस्योर्ध्वा रश्मयस्ता एवास्योर्ध्वा मधुनाड्यो गुह्या एवादेशा मधुकृतो ब्रह्मैव पुष्पं ता अमृता आपः ॥1॥

जो सूर्य की ऊपर की किरणें हैं, वे ही मधु झरने के स्थान हैं। गूढ उपदेश मधुमक्खियाँ हैं, प्रणवब्रह्म पुष्प है, घृतादि हव्य पदार्थ अमृत है।

ते वा एते गुह्या आदेशा एतद्ब्रह्माभितपꣳस्तस्याभितप्तस्य यशस्तेज इन्द्रियं वीर्यमन्नाद्यꣳ रसोऽजायत ॥2॥

वे गूढोपदेश ही प्रणवसंज्ञक ब्रह्म का ध्यान करने लगे। ध्यान किए गए उस ब्रह्म से यश, देहकान्ति, इन्द्रियबल, शक्ति, अन्नादि फल मिला। यह फल ही अमृत रस है।

तद्व्यक्षरत्तदादित्यमभितोऽश्रयत्तद्वा एतद्यदेतदादित्यस्य मध्ये क्षोभत इव ॥3॥

वे यश आदि रस सूर्य की किरणोंरूपी छिद्रों से निकलकर बहने लगे और सूर्य के चारों ओर फैल गए। सूर्य के बीच चमकता हुआ जो मधु दिखाई पड़ता है, वह ये रस ही हैं।

ते वा एते रसानाꣳ रसा वेदा हि रसास्तेषामेते रसास्तानि वा एतान्यमृतानाममृतानि वेदा ह्यमृतास्तेषामेतान्यमृतानि ॥4॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

सभी का सारतत्त्व ये सूर्य प्रभाएँ हैं, क्योंकि वेद सभी का सार है, और उन वेदों का भी ये सूर्य-प्रभाएँ सारतत्त्व हैं। ये सूर्यप्रभाएँ अमृतों के भी अमृत-सी हैं, क्योंकि वेद अमृत हैं, और ये प्रभाएँ उन वेदों का भी सार हैं।

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

तद्यत्प्रथममृतं तद्वसव उपजीवन्त्यग्निना मुखेन न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्त्येतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति ॥1॥

वास्तव में देवता खाते भी नहीं और पीते भी नहीं हैं, किन्तु इस अमृत को देखकर ही तृप्त

हो जाते हैं। इस रीति से सूर्य की जो पहली लाल प्रभा है, उसी अमृतरूप प्रभा पर आठों वसु-देवताएँ, अपने मुखरूप अग्निदेवता के साथ जीवननिर्वाह करती हैं।

त एतदेव रूपमभिसंविशन्त्येतस्माद्रूपादुद्यन्ति ॥2॥

वे वसुदेवताएँ सूर्य की इसी लाल प्रभा को देखकर (भोगकर) उदासीन हो जाती हैं और उसी में लीन हो जाती हैं (पड़े रहती हैं)। (और फिर भोगसमय आने पर) उसी में से बाहर निकल आती हैं।

स य एतदेवममृतं वेद वसूनामेवैको भूत्वाऽग्निनैव मुखेनैतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यति स य एतदेव रूपमभिसंविशत्येतस्माद्रूपादुदेति ॥3॥

जो साधक पूर्वोक्त प्रकार से इस अमृत की उपासना करता है, वसुओं में से कोई एक बन जाता है और अग्नि को अग्रसर करके अमृत को देखकर तृप्त हो जाता है और वह उसी सूर्यरूप को (लालरूप का) प्राप्त होता है अर्थात् उसमें मिल जाता है। फिर भोगसमय आनेपर उसमें से निकल आता है।

स यावदादित्यः पुरस्तादुदेता पश्चादस्तमेता वसूनामेव तावदाधित्यꣳ स्वाराज्यं पर्येता ॥4॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

ऐसा उपासक, सूर्य जहाँ तक पूर्व में उदय होता रहेगा और पश्चिम में अस्त होता रहेगा, वहाँ तक वसुदेवताओं का स्वामित्व और स्वर्गीय सुख भोगा करेगा।

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

अथ यद् द्वितीयममृतं तद्रुद्रा उपजीवन्तीन्द्रेण मुखेन न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्त्येतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति ॥1॥

बाद में सूर्य का दूसरा जो शुक्लरूप है, उस शुक्लरूप का रुद्रदेवताएँ इन्द्र को आगे कर पान करते हैं। वास्तव में देव न खाते हैं, न पीते हैं किन्तु अमृतरूप शुक्ल प्रभा को देखकर ही तृप्त हो जाते हैं।

त एतदेव रूपमभिसंविशन्त्येतस्माद्रूपादुद्यन्ति ॥2॥

वे रुद्रदेव इसी सूर्य के शुक्लरूप को भोगने के बाद उसी में मग्न हो जाते हैं और बाद में भोगेच्छा होने पर फिर उसमें से निकल आते हैं।

स य एतदेवममृतं वेद रुद्राणामेवैको भूत्वेन्द्रेणैव मुखेनैतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यति स एतदेव रूपमभिसंविशत्येतस्माद्रूपादुदेति ॥3॥

जो उपासक सूर्य की श्वेतप्रभा रूप अमृत को जानता है, वह रुद्रों में से कोई एक रुद्र बन जाता है और इन्द्रदेव को अग्रसर कर, उस प्रभामृत को देखकर ही तृप्त हो जाता है और उसी में मग्न होकर पड़ा रहता है और भोग का समय आने पर फिर से निकल आता है।

स यावदादित्यः पुरस्तादुदेता पश्चादस्तमेता द्विस्तावद्दक्षिणत उदेतोत्तर-तोऽस्तमेता रुद्राणामेव तावदाधिपत्यꣳ स्वाराज्यं पर्येता ॥4॥

इति सप्तमः खण्डः ॥

जितने काल तक सूर्य पूर्व में उदय होकर पश्चिम में अस्त हुआ करेगा, उससे दुगुने काल तक वह दक्षिण में आकर उत्तर में अस्त होगा। उतने काल तक वह उपासक स्वर्ग के राज्य को और रुद्रों के स्वामित्व को पाएगा।

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

अथ यत्तृतीयममृतं तदादित्या उपजीवन्ति वरुणेन मुखेन न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्त्येतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति ॥1॥

आदित्य की तीसरी कृष्णप्रभा रूप अमृत वरुण को आगे करके आदित्य पान करते हैं। वास्तव में देवलोग तो खाते भी नहीं और पीते भी नहीं हैं। इस प्रभामृत को देखकर ही तृप्त हो जाते हैं।

त एतदेव रूपमभिसंविशन्त्येतस्माद्रूपादुद्यन्ति ॥2॥

वे इसी कृष्णरूप अमृत में मग्न होकर पड़े रहते हैं और भोग के अवसर पर फिर निकल आते हैं।

स य एतदेवममृतं वेदादित्यानामेवैको भूत्वा वरुणेनैव मुखेनैतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यति स एतदेव रूपमभिसंविशत्येतस्माद्रूपादुदेति ॥3॥

जो साधक इस कृष्णरूप को यथोक्त प्रकार से जानता है, वह आदित्यों में से एक बनकर वरुण को अग्रेसर रखकर इस अमृत को देखकर ही तृप्त हो जाता है, वह इसी रूप में मग्न हो जाता है, और भोग के समय इसी रूप से बाहर आता है।

स यावदादित्यो दक्षिणत उदेतोत्तरतोऽस्तमेता द्विस्तावत्पश्चादुदेता पुरस्तादस्तमेताऽऽदित्यानामेव तावदाधिपत्यꣳ स्वाराज्यं पर्येता ॥4॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

जब तक सूर्य दक्षिण में उगकर उत्तर में अस्त हुआ करेगा, उससे दुगुने काल तक पश्चिम में उगकर पूर्व में अस्त हुआ करेगा। यह साधक इतने काल तक आदित्यों के स्वामित्व को और स्वर्ग-सुख भोगेगा।

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

अथ यच्चतुर्थममृतं तन्मरुत उपजीवन्ति सोमेन मुखेन न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्त्येतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति ॥1॥

आदित्य के चौथे अतिकृष्णरूप अमृत, सोम को अग्रेसर करके मरुतदेवताएँ पान करती हैं। देवतालोग न खाते हैं, न पीते हैं, वे लोग तो मात्र इस प्रभामृत को देखकर ही तृप्त हो जाते हैं।

त एतदेव रूपमभिसंविशन्त्येतस्माद्रूपादुद्यन्ति ॥2॥

वे देव इसी अमृत में (अतिकृष्ण प्रभा में) तल्लीन हो जाते हैं, फिर भोग के समय इसी से उदित हो जाते हैं।

स य एतदेवममृतं वेद मरुतामेवैको भूत्वा सोमेनैव मुखेनैतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यति स एतदेव रूपमभिसंविशत्येतस्माद्रूपादुदेति ॥3॥

जो साधक यथोक्त प्रकार से इस अमृत को जान लेता है, वह मरुतों में से एक बनकर सोम को अग्रेसर कर उस अमृत को देखकर ही तृप्त हो जाता है और इसी अमृत में लीन हो जाता है। फिर भोग का समय आने पर इसी से निकल आता है।

स यावदादित्यः पश्चादुदेता पुरस्तादस्तमेता द्विस्तावदुत्तरत उदेता दक्षिणतोऽस्तमेता मरुतामेव तावदाधिपत्यꣳ स्वाराज्यं पर्येता ॥4॥

इति नवमः खण्डः ॥

सूर्य पश्चिम में उदय होकर पूर्व में अस्त होगा, इससे दुगुने काल तक वह उत्तर में उगकर दक्षिण में अस्त होता रहेगा। वह साधक उतने काल तक मरुतों का आधिपत्य और स्वर्ग का सुख भोगेगा।

(यहाँ नौवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

अथ यत्पञ्चममममृतं तत्साध्या उपजीवन्ति ब्रह्मणा मुखेन न वै देवा अश्नन्ति न पिबन्त्येतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति ॥1॥

जो सूर्यमण्डलस्थ तेजोरूप पाँचवाँ अमृत है, उसका साध्य लोग ब्रह्मा को अग्रेसर बनाकर पान करते हैं। यद्यपि ये साध्यलोग (देव) खाते भी नहीं और पीते भी नहीं, पर उस अमृत को ही देखकर तृप्त हो जाते हैं।

त एतदेव रूपमभिसंविशन्त्येतस्माद्रूपादुद्यन्ति ॥2॥

वे साध्यजाति के देव इसी रूप में मग्न हो जाते हैं और समय आने पर उसी से फिर बाहर निकल आते हैं।

स य एतदेवममृतं वेद साध्यानामेवैको भूत्वा ब्रह्मणैव मुखेनैतदेवामृतं दृष्ट्वा तृप्यन्ति स एतदेव रूपमभिसंविशत्येतस्माद्रूपादुदेति ॥3॥

जो साधक यथोक्तरूप से उस अमृत को जान लेता है, वह साध्य जाति के देवों में से एक होकर ब्रह्मा को अग्रेसर बनाकर इस अमृत को देखकर तृप्त हो जाता है, इसी में मग्न हो जाता है, और समय आने पर उसी से बाहर निकलता है।

स यावदादित्य उत्तरत उदेता दक्षिणतोऽस्तमेता द्विस्तावदूर्ध्वमुदेता-ऽर्वाङ्ङस्तमेता साध्यानामेव तावदाधिपत्यꣳ स्वाराज्यं पर्येता ॥4॥

इति दशमः खण्डः ॥

जब तक सूर्य उत्तर से उदय होकर दक्षिण में अस्त होगा उससे दुगुने समय तक ऊपर से उगकर

नीचे की ओर अस्त होगा। उतने काल तक वह साधक साध्यजाति के देवों का आधिपत्य और स्वर्ग का सुख भोगेगा।

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

अथ तत ऊर्ध्व उदेत्य नैवोदेता नास्तमेतैकल एव मध्ये स्थाता। तदेष श्लोकः ॥1॥

तदनन्तर इस उच्च स्थिति में उदित होकर सूर्य कहीं और उदय नहीं होता और अस्त भी नहीं होता। मध्य में वह अकेला ही अपने आप में स्थित रहता है। यहाँ यह श्लोक है—

न वै तत्र न निम्लोच नोदियाय कदाचन। देवास्तेनाहꣳ सत्येन मा विराधिषि ब्रह्मणेति ॥2॥

उस ब्रह्मलोक में सचमुच ऐसा नहीं होता। वहाँ सूर्य कभी उदय नहीं होता और अस्त भी नहीं होता। हे देवलोग! यह सत्य सुनो। इस सत्य से मैं कभी ब्रह्म से विरुद्ध न होऊँ अर्थात् पतित न होऊँ।

न ह वा अस्मा उदेति न निम्लोचति सकृद्दिवा हैवास्मै भवति य एतामेवं ब्रह्मोपनिषदं वेद ॥3॥

ब्रह्मज्ञ उपासक के लिए सूर्य का उदय या अस्त नहीं होता। उसके लिए तो सूर्य सदा एक समान प्रकाशमान रहता है। यहाँ तक कि वह स्वयं प्रकाशवान हो जाता है।

तद्धैतद्ब्रह्मा प्रजापतय उवाच प्रजापतिर्मनवे मनुः प्रजाभ्यस्तद्धैतदुद्दालकायारुणये ज्येष्ठाय पुत्राय पिता ब्रह्म प्रोवाच ॥4॥

यह मधुविद्या ब्रह्मा ने प्रजापति से कही। प्रजापति ने मनु से कही। मनु ने प्रजाओं से कही। वही यह मधुविद्या अपने बड़े पुत्र उद्दालक आरुणि को उसके पिता ने कही थी।

इदं वाव तज्ज्येष्ठाय पुत्राय पिता ब्रह्म प्रब्रूयात्प्राणाय्याय वान्तेवासिने ॥5॥

यह पूर्वोक्त प्रसिद्ध ब्रह्मविद्या पिता को अपने बड़े पुत्र या विनयी अन्तेवासी को कहनी चाहिए।

नान्यस्मै कस्मैचन यद्यप्यस्मा इमामद्भिः परिगृहीतां धनस्य पूर्णां दद्यादेतदेव ततो भूय इत्येतदेव ततो भूय इति ॥6॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

यह ब्रह्मविद्या और किसी से भी नहीं कहनी चाहिए, चाहे वह धन से परिपूर्ण और समुद्र तक फैला हुआ राज्य भी इस ब्रह्मविद्या के बदले में क्यों न दे दे। क्योंकि यह ब्रह्मविद्या ऐसे विशाल राज्य से भी श्रेष्ठ है, श्रेष्ठ है।

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

गायत्री वा इदꣳ सर्वं भूतं यदिदं किंच वाग्वै गायत्री वाग्वा इदꣳ सर्वं भूतं गायति च त्रायते च ॥1॥

यह सब जो स्थावर-जंगम रूप जगत् है, वह गायत्री ही है। शब्दमात्र गायत्री ही है और यह स्थावर-जंगमरूप जगत् वाणी (वाक्) ही है क्योंकि वाक् ही सर्व जीवों का निर्देश करती है और रक्षा करती है।

या वै सा गायत्रीयं वाव सा येयं पृथिव्यस्याꣳ हीदꣳ सर्वं भूतं प्रतिष्ठितमेतामेव नातिशीयते ॥2॥

गायत्री पृथ्वीरूप है और पृथ्वी गायत्रीरूप है। जिस तरह पृथ्वी में सब कुछ (प्राणी मात्र) रहता है, वैसे ही गायत्री में भी सारा जगत् रहता है, जगत् गायत्रीरूपी पृथ्वी से अलग अस्तित्व नहीं रखता।

या वै सा पृथिवी यं वाव सा यदिदमस्मिन्पुरुषे शरीरमस्मिन्हीमे प्राणाः प्रतिष्ठिता एतदेव नातिशीयन्ते ॥3॥

जो पृथ्वीरूप गायत्री है, वही शरीररूप गायत्री है क्योंकि जैसे पृथ्वी में सारा जगत् व्यांप्त है, उसी प्रकार इस पुरुषशरीर में भी सारा जगत् व्याप्त है, क्योंकि इसी पुरुषशरीर में ये पाँचों प्राण रहते हैं। (अर्थात् जिस तरह गायत्री में सब जीव रहते हैं उसी प्रकार शरीर में भी पाँच प्राणों से युक्त हुआ जीव रहता है। जैसे पृथ्वी गायत्रीरूप है, वैसे शरीर भी गायत्रीरूप है। जैसे पृथ्वी में सब जीव रहते हैं, वैसे ही शरीर में प्राण सब रहते हैं)।

यद्वै तत्पुरुषे शरीरमिदं वाव तद्यदिदमस्मिन्नन्तःपुरुषे हृदयमस्मिन्हीमे प्राणाः प्रतिष्ठिता एतदेव नातिशीयन्ते ॥4॥

पुरुष का जो शरीर है वही गायत्री है और जो अन्तःपुरुष में हृदय-कमल है वह भी गायत्री है। क्योंकि इस हृदयकमल में प्राण रहते है, वे उसका अतिक्रमण नहीं करते।

सैषा चतुष्पदा षड्विधा गायत्री तदेतदृचाऽभ्यनूक्तम् ॥5॥

यही वह गायत्री चार चरणों वाली और छः प्रकार की है। यह गायत्र्याख्य ब्रह्म मन्त्र से प्रकाशित किया गया है।

तावानस्य महिमा ततो ज्यायाꣳश्च पूरुषः। पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवीति ॥6॥

यह समस्त जगत् ब्रह्म का एक चरण है। यों तो सब गायत्रीरूप ही है, फिर भी इस जगत् से परे ब्रह्म के जो तीन चरण शेष रहते हैं, वह अविनाशी ब्रह्मपुरुष जो प्रकाशित बुद्धि में रहता है, वह तो गायत्री से भी श्रेष्ठ है।

यद्वै तद्ब्रह्मेतीदं वाव तद्योऽयं बहिर्धा पुरुषादाकाशो यो वै स बहिर्धा पुरुषादाकाशः ॥7॥

वह त्रिपाद् अमृतरूप अर्थात् गायत्रीरूप ब्रह्म ही इस पुरुष के बाहर का आकाश है और जो बाहर का आकाश है वही गायत्रीरूप ब्रह्म है।

अयं वाव स योऽयमन्तः पुरुष आकाशो यो वै सोऽन्तः पुरुष आकाशः ॥8॥

वह गायत्रीरूप ब्रह्म ही इस पुरुष के भीतर रहा हुआ आकाश है और भीतर का आकाश ही गायत्रीरूप ब्रह्म है।

अयं वाव सोऽयमन्तर्हृदय आकाशस्तदेतत्पूर्णमप्रवर्ति पूर्णमप्रवर्तिनीꣳ श्रियं लभते य एवं वेद ॥9॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

हृदय के भीतर जो आकाश है वह तो पूर्ण आत्मा ही है। वह सर्वव्यापक है, उसका कभी नाश नहीं होता। जो साधक इस तरह आत्मा की पूजा करता है, उसको पूर्णतया लक्ष्मी प्राप्त होती है।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

तस्य ह वा एतस्य हृदयस्य पञ्च देवसुषयः स योऽस्य प्राङ्सुषिः स प्राणस्तच्चक्षुः स आदित्यस्तदेतत्तेजोऽन्नाद्यमित्युपासीत तेजस्व्यन्नादो भवति य एवं वेद ॥1॥

इस हृदयकमल के पाँच दरवाजे हैं। जो पूर्व का दरवाजा है वह प्राण है, वह आँख से सम्बद्ध है। आँख के देव सूर्य हैं। उस प्राण को तेजस्वी और अन्नभोक्ता मानकर पूजना चाहिए। जो ऐसी उपासना करता है, वह तेजस्वी होता है और अन्न पचाने की शक्तिवाला होता है।

अथ योऽस्य दक्षिणः सुषिः स व्यानस्तच्छ्रोत्रꣳ स चन्द्रमास्तदेतच्छ्रीश्च यशश्चेत्युपासीत श्रीमान्यशस्वी भवति य एवं वेद ॥2॥

इसका जो दक्षिणी दरवाजा है वह व्यान है, वह श्रोत्र से सम्बन्ध रखता है, उसके देव चन्द्रमा हैं। 'वह व्यान श्रीरूप और यशोरूप है'—ऐसा मानकर उपासना करनी चाहिए। ऐसी उपासना करनेवाला श्रीमान और यशस्वी होता है।

अथ योऽस्य प्रत्यङ्सुषिः सोऽपानः सा वाक् सोऽग्निस्तदेतद्ब्रह्मवर्चस-मन्नाद्यमित्युपासीत ब्रह्मवर्चस्व्यन्नादो भवति य एवं वेद ॥3॥

हृदयकमल का जो पश्चिमी दरवाजा है वह अपान है, वही वाणी है, वही अग्नि है, वही ब्रह्मतेज है, वही बल है, ऐसा जानकर यथोक्त उपासना करनेवाला ब्रह्मतेज से युक्त और भोजन पचाने की क्षमतावाला होता है।

अथ योऽस्योदङ्सुषिः स समानस्तन्मनः स पर्जन्यस्तदेतत्कीर्तिश्च व्युष्टिश्चेत्युपासीत कीर्तिमान् व्युष्टिमान् भवति य एवं वेद ॥4॥

हृदयकमल का जो उत्तरी दरवाजा है वह समान है, उसका मन के साथ सम्बन्ध है, उसका देव पर्जन्य है। उस समान को कीर्ति और प्रकाश से युक्त मानकर जो साधक उपासना करता है, वह कीर्तिमान और प्रकाशवान होता है।

अथ योऽस्योर्ध्वः सुषिः स उदानः स वायुः स आकाशस्तदेतदोजश्च महश्चेत्युपासीतौजस्वी महास्वान्भवति य एवं वेद ॥5॥

इस हृदयकमल का ऊपर का जो दरवाजा है, उसका अधिष्ठाता देव उदान है, वही मुख्य प्राण है, वही आकाश है, वही बल है, वही तेज है, यह समझकर उपासना करनी चाहिए। इसे जानकर जो साधक यथोक्त प्रकार से उसकी उपासना करता है वह बलवान और तेजस्वी होता है।

ते वा एते पञ्च ब्रह्मपुरुषाः स्वर्गस्य लोकस्य द्वारपाः स य एतानेवं पञ्च ब्रह्मपुरुषान्स्वर्गस्य लोकस्य द्वारपान्वेदास्य कुले वीरो जायते प्रतिपद्यते स्वर्गं लोकं य एतानेवं पञ्च ब्रह्मपुरुषान्स्वर्गस्य लोकस्य द्वारपान्वेद ॥6॥

तो ये ही स्वर्गलोक के द्वारपाल पाँच ब्रह्मपुरुष हैं। जो मनुष्य स्वर्ग के इन द्वारपालों को ऊपर कही गई रीति से हृदय से सम्बद्ध ब्रह्मपुरुष ही मानते हैं, उनके कुल में वीर पुरुष जन्म लेता है और वह स्वयं भी स्वर्गलोक को प्राप्त होता है।

अथ यदतः परो दिवो ज्योतिर्दीप्यते विश्वतः पृष्ठेषु सर्वतः पृष्ठेष्वनुत्त-मेषूत्तमेषु लोकेष्विदं वाव तद्यदिदमस्मिन्नन्तःपुरुषे ज्योतिः ॥7॥

इस स्वर्गलोक के ऊपर जो तेज है और जो तेज समस्त सृष्टि एवं सत्यादि ऊपर के ऊर्ध्व लोकों में है, वही तेज इस पुरुष के हृदय में है।

तस्यैषा दृष्टिर्यत्रैतदस्मिञ्छरीरे सꣳस्पर्शेनोष्णीमानं विजानाति तस्यैषा श्रुतिर्यत्रैतत्कर्णावपिगृह्य निनदमिव नदथुरिवाग्नेरिव ज्वलत उपश्रृणोति तदेतद्दृष्टं च श्रुतं चेत्युपासीत चक्षुष्यः श्रुतो भवति य एवं वेद य एवं वेद ॥8॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

उसी तेज का प्रत्यक्ष प्रमाण यह नेत्र है कि जहाँ तक शरीर में गरमी बनती जाती है, वहाँ तक मनुष्य जीवित है ऐसा समझा जाता है। उसी तेज का प्रत्यक्ष प्रमाण यह श्रुति (श्रवण) भी है कि कान बन्द कर देने पर रथ के 'घरघर' जैसी या अग्नि के जलने की-सी या बैल की-सी आवाज सुनाई देती है। "ऐसी ज्योति को मैंने देखा है और सुना भी है"—ऐसी समझदारी से उसकी उपासना करनी चाहिए। जो इस तरह उपासना करता है, उसकी आँखों का तेज बढ़ता है, और उसकी ख्याति बढ़ती है।

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपसीताथ खलु क्रतुमयः पुरुषो यथा क्रतुरस्मिँल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवति स क्रतुं कुर्वीत ॥1॥

यह सब सचमुच ब्रह्म ही है। तत् = उस ब्रह्म में से, ज = यह जन्मा हुआ है और लान् = उसी में लय होनेवाला है और उसी में चेष्टा करता है—इस प्रकार शान्त रहकर उसकी उपासना करनी

चाहिए। यह जीव संकल्पमय है। इस लोक में जीव जैसा संकल्प करेगा वैसा ही यहाँ से जाकर होता है। इसलिए अच्छे संकल्प ही करने चाहिए।

मनोमयः प्राणशरीरो भारूपः सत्यसंकल्प आकाशात्मा सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः सर्वमिदमभ्यात्तोऽवाक्यनादरः ॥2॥

यह आत्मा (ब्रह्म) मनरूप होता है, प्राण और शरीररूप भी वह है; वह प्रकाशस्वरूप है, सत्यसंकल्पवाला है, आकाशादि का निर्माण करनेवाला है। सभी कर्म उसी के हैं, सभी धर्म उसी के हैं, वह सभी गन्धों से पूर्ण है, वही सभी रसों से परिपूर्ण है, यह सारा जगत् उससे व्याप्त है। वह वाणी आदि इन्द्रियों से परे है। वह पक्षपातरहित है।

एष य आत्माऽन्तर्हृदयेऽणीयान्व्रीहेर्वा यवाद्वा सर्षपाद्वा श्यामाकाद्वा श्यामाकतण्डुलाद्वा एष म आत्मान्तर्हृदये ज्यायान्पृथिव्या ज्यायानन्तरिक्षाज्ज्यायान्दिवो ज्यायानेभ्यो लोकेभ्यः ॥3॥

यह मेरा आत्मा चावल से, यव से, सरसों से या धान (शालि) से या सामा से भी अधिक छोटा है। फिर भी हृदय के भीतर स्थित मेरा आत्मा पृथ्वी से बड़ा, आकाश से बड़ा, अन्तरिक्ष से बड़ा, स्वर्ग से भी बड़ा और इन लोकों से भी बड़ा है। (ऐसे आत्मा की उपासना करनी चाहिए)।

सर्वकर्मा सर्वकामः सर्वगन्धः सर्वरसः सर्वमिदमभ्यात्तोऽवाक्यनादर एष म आत्मान्तर्हृदय एतद्ब्रह्मैतमितः प्रेत्याभिसंभवितास्मीति यस्य स्यादद्धा न विचिकित्सास्तीति ह स्माह शाण्डिल्यः शाण्डिल्यः ॥4॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

"सर्व कर्मोंवाला, सर्व इच्छाओं वाला, सर्वगन्धयुक्त, सर्वरसयुक्त; इन सबको व्याप्त कर रहनेवाला, वाणी से परे, पक्षपातरहित यह जो आत्मा मेरे हृदय के भीतर स्थित है वह ब्रह्म है। इस शरीर को छोड़ने के बाद भी मैं उसे पा सकूँगा।"—ऐसा जिसका निश्चय होता है, और जिसमें इस विषय के प्रति शंका का लेशमात्र भी नहीं है, वह अवश्य ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार की यह विद्या शाण्डिल्य ने कही है।

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशः खण्डः

अन्तरिक्षोदरः कोशो भूमिर्बुध्नो न जीर्यति दिशो ह्यस्य स्रक्तयो द्यौरस्योत्तरं बिलꣳ स एष कोशो वसुधानस्तस्मिन्विश्वमिदꣳ श्रितम् ॥1॥

आकाश इस विराट् पुरुष का उदर है, पृथ्वी पाद है, दिशाएँ हाथ हैं, उसका मस्तक पर का छिद्र (ब्रह्मरन्ध्र) स्वर्ग है, ऐसा यह कोशभाण्डागार है, उसका कभी नाश नहीं होता। इसमें सारा जगत् अवस्थित है।

तस्य प्राची दिग्जुहूर्नाम सहमाना नाम दक्षिणा राज्ञी नाम प्रतीची सुभूता नामोदीची तासां वायुर्वत्सः स य एतमेवं वायुं दिशां वत्सं वेद न पुत्ररोदꣳ रोदिति सोऽहमेतमेवं वायुं दिशां वत्सं वेद मा पुत्ररोदꣳ रुदम् ॥2॥

उस विराट् पुरुष की पूर्व दिशा 'जुहु' (होमस्थल) नाम की है, दक्षिण दिशा 'सहमाना' (कर्मफल स्वीकारना) नाम की है, पश्चिम दिशा का नाम 'राज्ञी' (सान्ध्य वर्ण की) है, उत्तर दिशा का नाम 'सुभूता' है (कुबेरादि का स्थान) है। उन दिशाओं का पुत्र वायु है। जो साधक वायु को दिशाओं के पुत्र के रूप में पूजते हैं उसे पुत्र के कारण रोना नहीं पड़ता। मैं उस वायु को दिशाओं का पुत्र मानकर पूजता हूँ जिससे कि पुत्र के कारण कभी मैं न रोऊँ।

अरिष्टं कोशं प्रपद्येऽमुनाऽमुनाऽमुना प्राणं प्रपद्येऽमुनाऽमुनाऽमुना भूः प्रपद्येऽमुनाऽमुनाऽमुना भुवः प्रपद्येऽमुनाऽमुनाऽमुना स्वः प्रपद्येऽमुनाऽमुनाऽमुना ॥3॥

मैं अमुक-अमुक नामवाले पुत्र के साथ अविनाशी कोश की शरण में हूँ। इसी प्रकार प्राण की शरण में हूँ, वैसे ही भूर्लोक के अधिष्ठाता देव की शरण में हूँ। इसी प्रकार भुवर्लोक के देवता की और स्वर्लोक की भी शरण में हूँ।

स यदवोचं प्राणं प्रपद्य इति प्राणो वा इदꣳ सर्वं भूतं यदिदं किंच तमेव तत्प्रापत्सि ॥4॥

मैंने जो कहा कि "मैं मुख्य प्राण की शरण में हूँ"—इसका तात्पर्य यह है कि जो कुछ स्थावरजंगम जगत् है, वह प्राण ही है, मैं उस सर्वात्मक प्राण की शरण में हूँ।

अथ यदवोचं भूः प्रपद्य इति पृथिवीं प्रपद्येऽन्तरिक्षं प्रपद्ये दिवं प्रपद्ये इत्येव तदवोचम् ॥5॥

और भी मैंने जो कहा कि "मैं पृथ्वी की शरण में हूँ"—इससे मेरा प्रयोजन है कि मैं पृथ्वी की शरण में हूँ, आकाश की शरण में हूँ और स्वर्ग की शरण में हूँ।

अथ यदवोचं भुवः प्रपद्य इत्यग्निं प्रपद्ये वायुं प्रपद्य आदित्यं प्रपद्य इत्येव तदवोचम् ॥6॥

और जो मैंने कहा कि मैं "भुवर्लोक की शरण में हूँ" तो इसका अर्थ यह है कि मैं भुवर्लोक की शरण में हूँ, मैं अग्नि की शरण में हूँ, मैं वायु की शरण में हूँ, मैं आदित्य की शरण में हूँ।

अथ यदवोचꣳ स्वः प्रपद्य इत्यृग्वेदं प्रपद्ये यजुर्वेदं प्रपद्ये सामवेदं प्रपद्य इत्येव तदवोचं तदवोचम् ॥7॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

जो मैंने कहा था कि "मैं स्वर्ग की शरण में हूँ"—इसका तात्पर्य यह है कि मैं ऋग्वेद की शरण में हूँ, यजुर्वेद की शरण में हूँ, सामवेद की शरण में हूँ। मैंने ऐसा ही कहा था, यही कहा था।

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षोडशः खण्डः

पुरुषो वाव यज्ञस्तस्य यानि चतुर्विꣳशतिवर्षाणि तत्प्रातःसवनं चतुर्विꣳशत्यक्षरा गायत्री गायत्रं प्रातःसवनं तदस्य वसवोऽन्वायत्ताः प्राणा वाव वसव एते हीदꣳ सर्वं वासयन्ति ॥1॥

पुरुष ही यज्ञ है। उसकी आयु के पहले चौबीस वर्ष प्रातः-सन्ध्या है, क्योंकि गायत्री चौबीस अक्षर की है, और प्रातःसवन की आहुति के मंत्र गायत्री छन्द के हैं। इस प्रातःसवन के देवता वसु हैं। प्राण ही वसु हैं क्योंकि प्राण ही सबको अपने में बसाते हैं।

तं चेदेतस्मिन्वयसि किंचिदुपतपेत्स ब्रूयात्प्राणा वसव इदं मे प्रातःसवनं माध्यन्दिनꣳ सवनमनुसन्तनुतेति माहं प्राणानां वसूनां मध्ये यज्ञो विलोप्सीयेत्युद्धैव तत इत्यगदो ह भवति ॥2॥

चौबीस वर्ष की आयु में यज्ञकर्त्ता को कोई रोग पीड़ित करे तो उसे कहना चाहिए कि "हे प्राणो! हे वसुओ! मेरी इस प्रातर्यज्ञ की आयु को मध्याह्नयज्ञ की आयु तक फैला दीजिए, जिससे प्राणरूपी वसुदेवताओं के आगे यज्ञरूप मैं नष्ट न होऊँ।"—ऐसी प्रार्थना से वह रोगादिरहित हो जाता है।

अथ यानि चतुश्चत्वारिंशद्वर्षाणि तन्माध्यन्दिनꣳ सवनं चतुश्चत्वारिꣳशदक्षरा त्रिष्टुप् त्रैष्टुभं माध्यन्दिनꣳ सवनं तदस्य रुद्रा अन्वायत्ताः प्राणा वाव रुद्रा एते हीदꣳ सर्वꣳ रोदयन्ति ॥3॥

चौबीस वर्ष के बाद की जो चँवालीस वर्ष तक की (अड़सठ वर्ष तक की) आयु है, वह मध्याह्न की आहुति है (मध्याह्न सन्ध्या है), क्योंकि त्रिष्टुभ् छन्द चँवालीस अक्षरों का है और मध्याह्न की यज्ञक्रिया के मन्त्र भी त्रिष्टुभ् छन्द के ही हैं। मध्याह्न की यज्ञक्रिया के देव रुद्र हैं। यहाँ प्राण ही रुद्र हैं। क्योंकि उस आयु में प्राण सतानेवाले होने से सबको रुला सकते हैं। (जो रुलाता है, वही रुद्र है)।

तं चेदेतस्मिन्वयसि किंचिदुपतपेत्स ब्रूयात्प्राणा रुद्रा इदं मे माध्यन्दिनꣳ सवनं तृतीयसवनमनुसन्तनुतेति माहं प्राणानाꣳ रुद्राणां मध्ये यज्ञो विलोप्सीयेत्युद्धैव तत एत्यगदो ह भवति ॥4॥

और यदि पुरुष को इस दूसरी अवस्था में कोई दुःख हो तो वह प्रार्थना करे कि—"हे प्राणो! हे रुद्रो! मेरी इस मध्याह्न आहुति को तीसरी आहुति (सायंसन्ध्या) तक पहुँचा दीजिए कि जिससे यज्ञरूप मैं रुद्ररूप प्राणों से बीच में ही बिछुड़ न जाऊँ।" ऐसी प्रार्थना से यह रोगमुक्त हो जाता है।

अथ यान्यष्टाचत्वारिꣳशद्वर्षाणि तृतीयसवनमष्टाचत्वारिꣳशदक्षरा जगती जागतं तृतीयसवनं तदस्यादित्या अन्वायत्ताः प्राणा वावादित्या एते हीदꣳ सर्वमाददते ॥5॥

अब बाद के जो अड़तालीस वर्ष (69 से 116 वर्ष तक) हैं, वे तीसरी आहुति (सायंसन्ध्या) है। क्योंकि जगती छन्द अड़तालीस अक्षरों का है और तृतीय सवन की आहुतियों के मन्त्र भी जगती छन्द के ही हैं। उस आहुति के देवता आदित्य हैं। यहाँ प्राण ही आदित्य है, क्योंकि वही सबको ले जाते हैं।

तं चेदेतस्मिन्वयसि किंचिदुपतपेत्स ब्रूयात्प्राणा आदित्या इदं मे तृतीयसवनमायुरनुसन्तनुतेति माहं प्राणानामादित्यानां मध्ये यज्ञो विलोप्सीयेत्युद्धैव तत एत्यगदो हैव भवति ॥6॥

और यदि इस तीसरी अवस्था में पुरुष को पीड़ा हो तो वह कहे कि—"हे प्राणो! हे आदित्यो! मेरी इस तीसरे सवन की आहुति को मेरी पूरी आयु तक पहुँचा दीजिए कि जिससे यज्ञरूप मैं बीच में ही प्राणों या आदित्यों से बिछुड़ न जाऊँ।" ऐसी प्रार्थना से वह नीरोगी हो जाता है।

एतद्ध स्म वै तद्विद्वानाह महिदास ऐतरेयः स किं म एतदुपतपसि योऽहमनेन न प्रेष्यामीति स ह षोडशं वर्षशतमजीवत्प्र ह षोडशं वर्षशतं जीवति य एवं वेद ॥7॥

इति षोडशः खण्डः ॥

इस प्रसिद्ध विद्या को जाननेवाले इतरापुत्र महीदास ने इस प्रकार कहा है—"अरे, (रोग!) तू मुझे क्यों पीड़ा दे रहा है? तुझसे मैं मरनेवाला नहीं हूँ।" फलस्वरूप वह एक सौ सोलह वर्ष तक जीवित रहा था। और भी कोई उपासक यदि यह जानता है तो वह भी एक सौ सोलह साल तक जीवित रहता है।

(यहाँ सोलहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तदशः खण्डः

स यदशिशिषति यत्पिपासति यन्न रमते ता अस्य दीक्षाः ॥1॥

वह यज्ञकर्ता खाने की इच्छा करता है, पीने की इच्छा भी करता है, पर अन्य वस्तुओं में—इन्द्रियादि सुखों में इच्छा नहीं करता, वही उसकी दीक्षा है। (आत्मसंयम का यह प्रथम सोपान है)।

अथ यदश्नाति यत्पिबति यद्रमते तदुपसदैरेति ॥2॥

फिर भी वह जो खाता है, जो पीता है, जो रति का अनुभव करता है, वह तो उपसदों के जैसा ही माना जाता है। (यज्ञकर्ता की खानपानादि क्रियाएँ उपसदों के जैसी ही मानी जाती है)।

अथ यद्धसति यज्जक्षति यन्मैथुनं चरति स्तुतशस्त्रैरेव तदेति ॥3॥

और जब वह हँसता है, खाता है, मैथुन करता है, तब स्तुतशस्त्र की समानता रखता है।

अथ यत्तपो दानमार्जवमहिꣳसा सत्यवचनमिति ता अस्य दक्षिणाः ॥4॥

उसी प्रकार उस यज्ञकर्ता के दान, तप, सरलता, अहिंसा और सत्यवचन हैं, वे ही उसकी दक्षिणा है।

तस्मादाहुः सोष्यत्यसोष्टेति पुनरुत्पादनमेवास्य तन्मरणमेवास्यावभृथः ॥5॥

इसलिए कहते हैं कि—जन्म देगा या जन्म दिया वह उसका पुनर्जन्म ही है। और उसका मरण ही अवभृथ स्नान है।

तद्धैतद्घोर आङ्गिरसः कृष्णाय देवकीपुत्रायोक्त्वोवाचापिपास एव स बभूव सोऽन्तवेलायामेतत्त्रयं प्रतिपद्येताक्षितमस्यच्युतमसि प्राणसꣳशितमसीति तत्रैते द्वे ऋचौ भवतः ॥6॥

अंगिरा के पुत्र घोर नामक ऋषि ने यह यज्ञ-शास्त्र देवकीपुत्र कृष्ण को सुनाया था, जिसे सुनकर वह तृष्णारहित हो गया था। उस घोर ऋषि ने कहा कि मरण समय में उसे ये तीन मंत्र जपने चाहिए—"तू अक्षय है, तू अच्युत है, तू अतिसूक्ष्म है।" और इस विषय में दो ऋचाएँ और भी हैं।

आदित्प्रत्नस्य रेतसः। ज्योतिः पश्यन्ति वासरम्। परो यदिष्यते दिवि ॥7॥
उद्वयन्तमसस्परि ज्योतिः पश्यन्त उत्तरꣳस्वः पश्यन्त उत्तरं देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तममिति ज्योतिरुत्तममिति ॥8॥

इति सप्तदशः खण्डः ॥

ब्रह्मज्ञानी लोग परब्रह्म के प्रकाशमान तेज को ही जगत् का बीज मानते हैं। यह प्रकाश सूर्यप्रकाश की ही तरह सर्वव्यापक है। यह शाश्वत है, यह महाप्रकाश समस्त विश्व का मूलस्रोत है। यह महत्तम प्रकाश अन्धकाररूपी अज्ञान को दूर कर देता है। इसी प्रकाश को अपने हृदय में देखकर हमने स्वयंप्रकाश परमतत्त्व को प्राप्त कर लिया है, जो कि प्रकाशों का भी प्रकाश हैं।

(यहाँ सत्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टादशः खण्डः

मनो ब्रह्मेत्युपासीतेत्यध्यात्ममथाधिदैवतमाकाशो ब्रह्मेत्युभयमादिष्टं भवत्यध्यात्मं चाधिदैवतं च ॥1॥

'मन ब्रह्म है'—इस प्रकार उपासना करनी चाहिए। यह आध्यात्मिक उपासना है। और 'आकाश ब्रह्म है'—ऐसी उपासना आधिदैविक उपासना है। इस प्रकार अध्यात्म (आध्यात्मिक उपासना) और अधिदैवत (आधिदैविक उपासना) दोनों यहाँ कहे गये हैं।

तदेतच्चतुष्पाद्ब्रह्म। वाक् पादः प्राणः पादश्चक्षुः पादः श्रोत्रं पाद इत्यध्यात्मम्। अथाधिदैवतमग्निः पादो वायुः पाद आदित्यः पादो दिशः पाद इत्युभयमेवादिष्टं भवत्यध्यात्मं चैवाधिदैवतं च ॥2॥

उस ब्रह्म के चार भाग हैं—वाक्पाद, प्राणपाद, चक्षुपाद और श्रोत्रपाद (वाणी, प्राण, नेत्र और कान) यह अध्यात्म है। अब अधिदैवत कहते हैं कि अग्नि, वायु, सूर्य और दिशाएँ—ये भाग हैं। इस प्रकार अध्यात्म और अधिदैवत—दोनों के चार-चार भाग कहे गये हैं।

वागेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः। सोऽग्निना ज्योतिषा भाति च तपति च भाति च तपति च कीर्त्या यशसा ब्रह्मवर्चसेन य एवं वेद ॥3॥

मनरूपी ब्रह्म का वाणी ही चौथा पाद (भाग) है। वह पाद अग्नि से प्रकाशित होता है और घृतादि भक्षण से तेजस्वी होता है। जो उपासक इस ज्ञान के साथ मनोब्रह्म की उपासना करता है, वह कीर्ति, यश और ब्रह्मतेज से प्रकाशमान होता है।

प्राण एव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः। स वायुना ज्योतिषा भाति च तपति च भाति च तपति च कीर्त्या यशसा ब्रह्मवर्चसेन य एवं वेद ॥4॥

मनोब्रह्म का चौथा भाग प्राण है, प्राण बाह्य वायु के तेज से प्रकाशित और तप्त होता है, जो उपासक इस प्रकार जानकर उपासना करता है, वह तेजस्वी होता है, प्रत्यक्ष-परोक्ष कीर्ति से और ब्रह्मतेज से प्रकाशित होता है।

चक्षुरेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः। स आदित्येन ज्योतिषा भाति च तपति च भाति च तपति च कीर्त्या यशसा ब्रह्मवर्चसेन य एवं वेद ॥5॥

मनरूपी ब्रह्म का आँख चौथा भाग है। नेत्र आदित्य के तेज से प्रकाशित और तेजस्वी होता है। जो उपासक इस प्रकार समझ-बूझ कर उपासना करता है, वह तेजस्वी होता है और कीर्ति से तथा ब्रह्मतेज से ओजस्वी एवं शोभित होता है।

श्रोत्रमेव ब्रह्मणश्चतुर्थः पादः। स दिग्भिर्ज्योतिषा भाति च तपति च भाति च तपति च कीर्त्या यशसा ब्रह्मवर्चसेन य एवं वेद ॥6॥

इत्यष्टादशः खण्डः ॥

श्रोत्र ही मनोब्रह्म का चौथा पाद है। वह दिशाओं के तेज से प्रकाशित और शोभित होता है। जो साधक इस प्रकार जानकर उपासना करता है वह प्रकाशित और शोभित होता है। और कीर्ति एवं ब्रह्मतेज से तेजस्वी और शोभित होता है।

(यहाँ अठारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकोनविंशः खण्डः

आदित्यो ब्रह्मेत्यादेशस्तस्योपव्याख्यानमसदेवेदमग्र आसीत्। तत्सदासीत्तत्समभवत्तदाण्डं निरवर्तत तत्संवत्सरस्य मात्रामशयत तन्निरभिद्यत ते आण्डकपाले रजतं च सुवर्णं चाभवताम् ॥1॥

'सूर्य ब्रह्म है' इस उपदेश का व्याख्यान करते हैं—यह नामरूपात्मक जगत् अपनी उत्पत्ति के पहले असत् (अनभिव्यक्त) नामरूपहीन ही था। बाद में यह सत् (परिमाणवाला) हुआ। बाद में अण्डाकार हुआ। बाद में एक वर्ष तक वैसे ही पड़ा रहा। एक वर्ष के बाद वह फूटा। फूटे हुए अण्डे के दो भागों में से एक स्वर्ण हुआ और दूसरा रजत हुआ।

तद्यद्रजतꣳ सेयं पृथिवी यत्सुवर्णꣳ सा द्यौर्यज्जरायु ते पर्वता यदुल्बꣳ समेघो नीहारो या धमनयस्ता नद्यो यद्वास्तेयमुदकꣳ स समुद्रः ॥2॥

जो रजत है वह यह पृथ्वी है, जो सोना है वह स्वर्ग है। अण्डे के भीतर जो (जरायु) भाग था वह पर्वत हैं, उल्ब भाग का स्तर मेघों के साथ ओस हुआ, अण्डे के भीतर के रेशे नदियाँ हुईं और अण्डे का पानी सागर बना।

अथ यत्तदजायत सोऽसावादित्यस्तं जायमानं घोषा उलूलवोऽनूदतिष्ठन् सर्वाणि च भूतानि च सर्वे च कामास्तस्मात्तस्योदयं प्रति प्रत्यायनं प्रति घोषा उलूलवोऽनूत्तिष्ठन्ति सर्वाणि च भूतानि सर्वे चैव कामाः ॥3॥

उस अण्डे से सूर्य उत्पन्न हुआ। उसके उत्पन्न होते ही उत्साह (आनन्द) की आवाजें हुईं, स्थावरजंगम जीव और भोग्य पदार्थ भी उत्पन्न हुए। इसलिए तो सूर्य के उदय और अस्त होते ही उत्साह (आनंद) के शब्द होने लगते हैं।

स य एतमेवं विद्वानादित्यं ब्रह्मेत्युपास्तेऽभ्याशो ह यदेनꣳ साधवो घोषा आ च गच्छेयुरुप च निम्रेडेरन्निम्रेडेरन् ॥4॥

इत्येकोनविंशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि तृतीयोऽध्यायः ॥3॥

पूर्वोक्त प्रकार से जानकर जो कोई ब्रह्मबुद्धि से सूर्य की उपासना करता है, वह सूर्यरूप हो जाता है और उसे आनन्द के शब्द सुनाई देते हैं और सुनाई देते रहेंगे।

(यहाँ उन्नीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् का तृतीय अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथ चतुर्थोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ जानश्रुतिर्ह पौत्रायणः श्रद्धादेयो बहुदायी बहुपाक्य आस स ह सर्वत आवसथान्मापयांचक्रे सर्वत एव मेऽस्यन्तीति ॥1॥

जनश्रुत-वंशी (उसके पुत्र का पुत्र) जानश्रुति श्रद्धापूर्वक बहुत दान देनेवाला था। उसके यहाँ बहुत अन्न पकाया जाता था। "सब लोग मेरा ही अन्न खाएँ"—इस आशय से उसने स्थान-स्थान पर धर्मशालाएँ बनवाई थीं।

अथ ह हꣳसा निशायामतिपेतुस्तद्धैवꣳ हꣳ सो हꣳसमभ्युवाद हो होऽपि भल्लाक्ष भल्लाक्ष जानश्रुतेः पौत्रायणस्य समं दिवा ज्योतिराततं तन्मा प्रसाङ्क्षीस्तत्त्वा मा प्रधाक्षीरिति ॥2॥

उसी समय रात को उस तरफ से उड़ते-उड़ते कुछ हंस आए। उनमें से किसी एक हंस ने दूसरे हंस से कहा—"हे भल्लाक्ष! भल्लाक्ष! इस जानश्रुति पौत्रायण का तेज स्वर्ग की तरह फैला हुआ है। उसे तुम स्पर्श मत करना। शायद वह तुझे स्पर्श करने से जला देगा।"

तमु ह परः प्रत्युवाच कम्बर एनमेतत्सन्तꣳ सयुग्वानमिव रैक्वमात्थेति यो नु कथꣳ सयुग्वा रैक्व इति ॥3॥

तब उससे दूसरे हंस ने कहा—"अरे, इस राजा में ऐसी तो कौन-सी बड़ाई है कि तुम इसके सम्बन्ध में ऐसे मानसूचक शब्द कह रहे हो?—गाड़ीवाले रैक्व के समान कह रहे हो?" तब पहले ने पूछा—"कौन है वह गाड़ीवाला रैक्व?" उसने कहा—'सुनो।'

यथा कृतायविजितायाधरेयाः संयन्त्येवमेनꣳसर्वं तदभिसमेति यत्किञ्च प्रजाः साधु कुर्वन्ति यस्तद्वेद यत्स वेद स मयैतदुक्त इति ॥4॥

"जिस तरह जुए में 'कृत' नाम के (चार अंकवाले) अक्ष से जीतनेवाले पुरुष के प्रभुत्व में निम्नश्रेणी के सभी अक्ष आ जाते हैं, उसी तरह जो अच्छे काम करते हैं, वे सभी रैक्व के अधीन हो जाते हैं। जो रैक्व जानता है, यदि उसे कोई जान लेता है तो वह रैक्व जैसा हो जाता है। इस प्रकार मैंने रैक्व के विषय में कहा।"

तदु ह जानश्रुतिः पौत्रायण उपशुश्राव। स ह संजिहान एव क्षत्तार-मुवाचाङ्गारे ह सयुग्वानमिव रैक्वमात्थेति यो नु कथꣳ सयुग्वा रैक्व इति ॥5॥

जानश्रुति पौत्रायण ने यह बात सुनी। प्रातःकाल उठते ही उसने बन्दीजन से यह बात कही—"अरे भाई! तू मेरी प्रशंसा में गाड़ीवाले रैक्व की स्तुति-सी ही क्यों कर रहा है?" तब बन्दीजन ने पूछा—"कौन है वह गाड़ीवाला रैक्व? कैसा है वह?"

यथा कृतायविजितायाधरेयाः संयन्त्येवमेनꣳ सर्वं तदभिसमेति यत्किञ्च प्रजाः साधु कुर्वन्ति यस्तद्वेद यत्स वेद स मयैतदुक्त इति ॥6॥

"जिस तरह जुए में 'कृत' नाम के (ज्यादा आँकड़ों वाले) अक्ष से जीतनेवाले पुरुष के प्रभुत्व में निचली श्रेणी के सभी अक्ष आ जाते हैं, उसी प्रकार जो अच्छे कार्य करते हैं, वे सभी रैक्व के अधीन हो जाते हैं। जो रैक्व जानता है, उसे जो जान लेता है, तो वह रैक्व जैसा हो जाता है। इस प्रकार मैंने रैक्व के बारे में तुमसे कह दिया।"—ऐसा प्रत्युत्तर राजा ने बन्दीजन को दिया।

स ह क्षत्ताऽन्विष्य नाविदमिति प्रत्येयाय तꣳ होवाच यत्रारे ब्राह्मणस्या-न्वेषणा तदेनमर्च्छेति ॥7॥

तब उस बन्दीजन ने जाँच-पड़ताल करके लौटकर कहा—"मुझे तो उसका पता नहीं मिला" तब राजा ने कहा—"अरे भाई! जहाँ ब्रह्मज्ञानी की खोज की जाती है, वहाँ (अरण्यादि में) उसे खोज निकालो।"

सोऽधस्ताच्छकटस्य पामानं कषमाणमुपोपविवेश तꣳ हाभ्युवाद त्वं तु भगवः सयुग्वा रैक्व इत्यहꣳ ह्यारा 3 इति ह प्रतिजज्ञे स ह क्षत्ताऽविदमिति प्रत्येयाय ॥8॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

उस बन्दीजन ने गाड़ी के नीचे खाज खुजलाते हुए रैक्व को देखा। उनके पास वह बन्दीजन बैठा और उसने कहा—"क्या आप ही महानुभाव गाड़ीवाले रैक्व हैं न?" रैक्व ने कहा—"अरे हाँ, मैं ही रैक्व हूँ।" तब बन्दीजन ने उन्हें पहचाना। यह जानकर वह राजा के पास लौटा और राजा से कहा—"रैक्व मुझे मिल गए हैं।"

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयः खण्डः

तदुह जानश्रुतिः पौत्रायणः षट् शतानि गवां निष्कमश्वतरीरथं तदादाय प्रतिचक्रमे तꣳ हाभ्युवाद ॥1॥

इसके बाद जानश्रुति पौत्रायण छः सौ गायें, एक हार और टट्टुओं से जुड़ा हुआ रथ लेकर उनके पास गया और बोला कि—

रैक्वेमानि षट् शतानि गवामयं निष्कोऽयमश्वतरीरथो नु म एतां भगवो देवताꣳ शाधि यां देवतामुपास्स इति ॥2॥

"हे रैक्व! ये छः सौ गायें, यह हार और यह टट्टुओं से जुड़ा हुआ रथ मैं लाया हूँ, इन्हें स्वीकार करके हे भगवन्! आप जिस देवता की उपासना करते हैं, उसका मुझे उपदेश दीजिए।

तमु ह परः प्रत्युवाचाह हारे त्वा शूद्र तवैव सह गोभिरस्त्विति तदुह पुनरेव जानश्रुतिः पौत्रायणः सहस्रं गवां निष्कमश्वतरीरथं दुहितरं तदादाय प्रतिचक्रमे ॥3॥

तब उसको दूसरे (रैक्व) ने उत्तर दिया—"हे शूद्र! ये गायें हारादि सहित तुम अपने पास ही रखो। तब फिर जानश्रुति पौत्रायण हजार गायें, एक हार, खच्चरों से जुता हुआ रथ और अपनी कन्या लेकर उनके पास आया।

तꣳ हाभ्युवाद रैक्वेदꣳसहस्रं गवामयं निष्कोऽयमश्वतरीरथ इयं जायाऽयं ग्रामो यस्मिन्नास्सेऽन्वेव मा भगवः शाधीति ॥4॥

जानश्रुति ने रैक्व से कहा—"हे रैक्व! ये एक हजार गायें, यह हार, यह टट्टुओं से जुड़ा हुआ रथ, यह पत्नी, जहाँ आप रहते हैं वह गाँव—इन सबको स्वीकार करते मुझे आप अवश्य उपदेश दीजिए।

तस्या ह मुखमुपोद्गृह्णुवाचाजहारेमाः शूद्रानेनैव मुखेनालापयिष्यथा इति ते हैते रैक्वपर्णा नाम महावृषेषु यत्रास्मा उवास तस्मै होवाच ॥5॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

उस कन्या का मुँह ऊँचा करके ग्रहण करते हुए रैक्व ने कहा—"हे शूद्र! तुम मेरे लिए बहुत-सी वस्तुएँ लाए हो वे सब मेरे लिए गौण है किन्तु विद्या ग्रहण के इस द्वार से आप मुझसे उपदेश कराते है।" जहाँ वे रैक्व रहते थे, वह 'रैक्वपर्णा' नामक गाँव 'महावृष' प्रदेश में अवस्थित है। फिर रैक्व ने जानश्रुति को यह (निम्न) उपदेश दिया।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

वायुर्वाव संवर्गो यदा वा अग्निरुद्वायति वायुमेवाप्येति यदा सूर्योऽस्त-मेति वायुमेवाप्येति यदा चन्द्रोऽस्तमेति वायुमेवाप्येति ॥1॥

वायु ही सबका संग्राहक है। जब अग्नि शान्त होती है तब वायु में ही मिल जाती है, जब सूर्य अस्त होता है, तब वायु में ही मिल जाता है, जब चन्द्र अस्त होता है, तब वायु में ही मिल जाता है।

यदाप उच्छुष्यन्ति वायुमेवापियन्ति वायुर्ह्येवैतान्सर्वान्संवृङ्क्त इत्यधि-दैवतम् ॥2॥

जब जल सूख जाता है, वायु में ही मिल जाता है, क्योंकि वायु ही अग्नि आदि का आधार है। इस प्रकार यह देवतासम्बन्धी संवर्ग कहा गया।

अथाध्यात्मं प्राणो वाव संवर्गः स यदा स्वपिति प्राणमेव वागप्येति प्राणं चक्षुः प्राणꣳश्रोत्रं प्राणं मनः प्राणो ह्येवैतान्सर्वान्संवृङ्क्त इति ॥3॥

अब अध्यात्म (शारीरिक) संवर्ग कहते हैं। प्राण ही संवर्ग (संग्राहक) है। जब मनुष्य सोता है तब प्राण में ही वाणी लीन होती है, प्राण में ही आँख, प्राण में ही कान, प्राण में ही मन लीन हो जाता है। प्राण ही इन सबका आधार है।

तौ वा एतौ द्वौ संवर्गौ वायुरेव देवेषु प्राणः प्राणेषु ॥4॥

तो ये दो संवर्ग हैं—देवों में वायु है और इन्द्रियों में प्राण है।

अथ ह शौनकं च कापेयमभिप्रतारिणं च काक्षसेनिं परिविष्यमाणौ ब्रह्मचारी बिभिक्षे तस्मा उ ह न ददतुः ॥5॥

एक बार कापिगोत्रोत्पन्न शौनक और कक्षसेन-पुत्र अभिप्रतारी को जब भोजन परोसा जा रहा था तो बीच में ही किसी ब्रह्मचारी ने भिक्षा माँगी, किन्तु उन्होंने भिक्षा नहीं दी।

स होवाच महात्मनश्चतुरो देव एकः कः स जगार भुवनस्य गोपास्तं कापेय नाभिपश्यन्ति मर्त्या अभिप्रतारिन्बहुधा वसन्तं यस्मै वा एतदन्नं तस्मा एतन्न दत्तमिति ॥6॥

वह ब्रह्मचारी बोला—"एक कोई देव चार महात्माओं को निगल गया। हे कापेय! हे अभिप्रतारी! मरणधर्मा मानव, उस अनेक रूपों में अवस्थित जगत् के रक्षक देव को देख नहीं पाते, जिसके लिए यह अन्न है, उसको नहीं दिया गया।"

तदु ह शौनकः कापेयः प्रतिमन्वानः प्रत्येयायात्मा देवानां जनिता प्रजानाꣳहिरण्यदꣳष्ट्रो बभसोऽनसूरिर्महान्तमस्य महिमानमाहुरनद्यमानो यदनन्नमत्तीति वै वयं ब्रह्मचारिन्नेदमुपास्महे दत्तास्मै भिक्षामिति ॥7॥

उस कथन पर कपिगोत्रीय शौनक ने चिन्तन किया फिर ब्रह्मचारी के पास जाकर कहा—"जो देवों का आत्मा है, जो प्रजाओं को उत्पन्न करनेवाला है, जो अटूट दंष्ट्रावाला है, जो भक्षणशील है, जो मेधावी है, जो बड़ा महिमावान कहा जाता है, जो अन्यों से अभक्षणीय है, जो वस्तुतः अन्न न हो तो उसे भी खा जाता है, हे ब्रह्मचारी! हम उसी देव की उपासना करते हैं।" ऐसा कहकर उसने सेवकों से कहा—"इसे भिक्षा दे दो।"

तस्मा उ ह ददुस्ते वा एते पञ्चान्ये पञ्चान्ये दश संतस्तत्कृतं तस्मात्सर्वासु दिक्ष्वन्नमेव दशकृतꣳ सैषा विराडन्नादी तयेदꣳ सर्वं दृष्टꣳ सर्वमस्येदं दृष्टं भवत्यन्नादो भवति य एवं वेद य एवं वेद ॥8॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

बाद में उन्होंने उसे भिक्षा दी। वायु आदि पाँच तत्त्व और प्राण आदि पाँच तत्त्व मिलकर दस होते हैं। ये दस मानो द्युत के 'कृत' नाम का अक्ष है। इसलिए सभी दिशाओं में यह अन्न ही दशकृत है। यह विराट् ही अन्नभक्षक है, इसी से यह सब देखा जाता है। जो इस प्रकार जानता है, वह सब कुछ देख सकता है और वह अन्न पचानेवाला होता है।

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

सत्यकामो ह जाबालो जबालां मातरमामन्त्रयाञ्चक्रे। ब्रह्मचर्यं भवति निवत्स्यामि किंगोत्रोन्वहमस्मीति ॥1॥

जबालापुत्र सत्यकाम ने अपनी माता जबाला से कहा—"आदरणीय माता, मैं ब्रह्मचर्यपूर्वक गुरुगृहनिवास करना चाहता हूँ। तो मेरा गोत्र कौन-सा है?"

सा हैनमुवाच नाहमेतद्वेद तात यद्गोत्रस्त्वमसि बह्वहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वामलभे साहमेतन्न वेद यद्गोत्रस्त्वमसि जबाला तु नामाहमस्मि सत्यकामो नाम त्वमसि स सत्यकाम एव जाबालो ब्रुवीथा इति ॥2॥

उस जबाला ने पुत्र से कहा—"हे पुत्र, तुम किस गोत्र के हो, वह मैं नहीं जानती हूँ। बहुत लोगों की सेवा-शुश्रूषा करते हुए मैंने युवावस्था में तुम्हें प्राप्त किया है। मैं यह नहीं जानती कि तुम

किस गोत्र के हो। मेरा नाम तो जबाला है और तुम्हारा नाम सत्यकाम है। इसलिए गुरु के पास जाकर "मैं सत्यकाम जाबाल हूँ"—ऐसा कह दो।

स ह हारिद्रुमतं गौतममेत्योवाच ब्रह्मचर्यं भगवति वत्स्याम्युपेयां भगवन्तमिति ॥3॥

वह सत्यकाम गौतमगोत्रीय हरिद्रुमान के पुत्र हारिद्रुमत के पास जाकर बोला—"आदरणीय, आपके पास मैं ब्रह्मचर्यपूर्वक गुरुगृहवास करूँगा। इसलिए मैं आया हूँ।"

तꣳ होवाच किंगोत्रो नु सोम्यासीति स होवाच नाहमेतद्वेद भो यद्गोत्रोऽहमस्म्यपृच्छं मातरꣳ सा मा प्रत्यब्रवीद् बह्वहं चरन्ती परिचारिणी यौवने त्वामलभे साऽहमेतन्न वेद यद्गोत्रस्त्वमसि जबाला तु नामाहमस्मि सत्यकामो नाम त्वमसीति सोऽहꣳ सत्यकामो जाबालोऽस्मि भो इति ॥4॥

गौतम ने उससे कहा—"हे सौम्य! तुम किस गोत्र के हो?" उसने कहा—"यह तो मैं नहीं जानता। हाँ मैंने अपनी माता से अपना गोत्र पूछा था। उसने मुझे उत्तर दिया कि—"बहुत लोगों की सेवा-शुश्रूषा करती हुई मैंने युवावस्था में तुम्हें प्राप्त किया है। अतः वह यह नहीं जानती कि तुम किस गोत्र के हो। मेरा नाम जबाला है और तुम्हारा नाम सत्यकाम है। इसलिए हे पूजनीय! मैं जाबाल सत्यकाम हूँ।"

तꣳ होवाच नैतदब्राह्मणो विवक्तुमर्हति समिधꣳ सौम्याहरोप त्वा नेष्ये न सत्यादगा इति तमुपनीय कृशानामबलानां चतुःशता गा निराकृत्योवाचेमाः सोम्यानुसंव्रजेति ता अभिप्रस्थापयन्नुवाच नासहस्रेणावर्तयेति स ह वर्षगणं प्रोवास ता यदा सहस्रꣳ संपेदुः ॥5॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

गौतम ने उस सत्यकाम से कहा—"ब्राह्मण के सिवा ऐसी स्पष्ट बात कोई नहीं कह सकता। अतः हे सौम्य! समिधा ले आओ, मैं तुम्हें उपवीत दूँगा, क्योंकि तुमने सत्य नहीं छोड़ा।" फिर उपनयन करके चार सौ दुबली-पतली गायें अलग कर उसे देते हुए कहा—"सौम्य, इन गायों के पीछे जाओ।" तब सत्यकाम बोला—"(चार सौ की) हजार गायें होने तक मैं लौटूँगा नहीं।" और हजार गायें होने तक बहुत वर्ष वह वन में ही रहा।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

अथ हैनमृषभोऽभ्युवाद सत्यकाम ३ इति भगव इति ह प्रतिशुश्राव प्राप्ताः सोम्य सहस्रꣳ स्मः प्रापय न आचार्यकुलम् ॥1॥

बाद में सत्यकाम को ऋषभ ने बुलाकर कहा—'हे सत्यकाम!' तब सत्यकाम ने उत्तर में कहा 'कहिए महानुभाव!' तब ऋषभ ने कहा—"अब हम हजार संख्या में हो गए हैं, अब हमें आचार्य के घर पर ले चलो।"

ब्रह्मणश्च ते पादं ब्रवाणीति ब्रवीतु मे भगवानिति तस्मै होवाच प्राची

दिक्कला प्रतीची दिक्कला दक्षिणा दिक्कलोदीची दिक्कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मणः प्रकाशवान्नाम ॥2॥

ऋषभ ने कहा—"मैं तुम्हें ब्रह्म के एक चरण के विषय में भी कह दूँ।" सत्यकाम ने कहा—"हाँ कहिए महानुभाव!" तब ऋषभ बोला—पूर्वदिशा ब्रह्म की एक कला है, पश्चिम दिशा दूसरी कला है, दक्षिण दिशा एक और कला है और उत्तर दिशा भी एक और कला है। हे सौम्य! इन चार कलाओं से ब्रह्म का एक पाद होता है। इस पाद का नाम 'प्रकाशवान' है।

स य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मणः प्रकाशवानित्युपास्ते प्रकाशवानस्मिँल्लोके भवति प्रकाशवतो ह लोकाञ्जयति य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मणः प्रकाशवानित्युपास्ते ॥3॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

जो पुरुष इस प्रकार ब्रह्म के इस चार कलावाले पाद को प्रकाशवान मानकर जानता है और उपासना करता है, वह इस लोक में प्रकाशवान कीर्तिमान होता है और प्रकाशवाले लोकों को प्राप्त होता है। जो साधक इस चतुष्कल ब्रह्मपाद को प्रकाशवान रूप से जानता है, वह यहाँ से जाने के बाद (मृत्यु के बाद) प्रकाशवान लोकों को प्राप्त होता है।

(यहाँ पञ्चम खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

अग्निष्टे पादं वक्तेति स ह श्वोभूते गा अभिप्रस्थापयांचकार ता यत्राभिसायं बभूवुस्तत्राग्निमुपसमाधाय गा उपरुध्य समिधमाधाय पश्चादग्नेः प्राङुपोपविवेश ॥1॥

ऋषभ ने कहा—"अग्नि तुम्हें ब्रह्म के द्वितीय पाद के बारे में कहेगा।" दूसरे दिन सत्यकाम गायों को इकट्ठा करके आगे बढ़ने लगा। जाते-जाते शाम होने पर गायों को बाँधकर कुछ लकड़ी लाकर अग्नि जलायी और बाद में वह अग्नि के सामने पूर्वाभिमुख होकर बैठ गया।

तमग्निरभ्युवाद सत्यकाम 3 इति भगव इति ह प्रतिशुश्राव ॥2॥

उससे अग्नि ने कहा—'हे सत्यकाम!' तब उसने प्रत्युत्तर दिया—'हाँ महानुभाव!'

ब्रह्मणः सोम्य ते पादं ब्रवाणीति ब्रवीतु मे भगवानिति तस्मै होवाच पृथिवी कलान्तरिक्षं कला द्यौः कला समुद्रः कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मणोऽनन्तवान्नाम ॥3॥

अग्नि ने कहा—"हे सौम्य! मैं तुम्हें ब्रह्म के एक पाद के बारे में कहूँगा।" सत्यकाम ने कहा—"कहिए भगवान्!" तब सत्यकाम से अग्नि ने कहा कि—"पृथ्वी इसकी एक कला है, अन्तरिक्ष दूसरी कला है, स्वर्ग फिर और एक कला है और समुद्र भी एक कला है। हे सोम्य! ये चार कलाएँ ब्रह्म के इस पाद की हैं, इसका नाम अनन्तवान् है।

स य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मणोऽनन्तवानित्युपास्तेऽनन्त-

वानस्मिँल्लोके भवत्यनन्तवतो ह लोकाञ्जयति य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मणोऽनन्तवानित्युपास्ते ॥4॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

जो पुरुष चार कलावाले ब्रह्म के इस पाद को अनन्तवान् के रूप में उपासना करता है, वह इस जगत् में अनन्त आयुवाला होता है। चार कला वाले अनन्तवान नाम के इस ब्रह्मपाद को जाननेवाला और उपासना करने वाला साधक मरण के बाद चिरस्थायी (अनन्त) लोकों को प्राप्त होता है।

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

हꣳसस्ते पादं वक्तेति स ह श्वोभूते गा अभिप्रस्थापयांचकार ता यत्राभिसायं बभूवुस्तत्राग्निमुपसमाधाय गा उपरुध्य समिधमाधाय पश्चादग्नेः प्राङुपोपविवेश ॥1॥

अग्नि बोला—"हंस तुम्हें ब्रह्म के अन्य पाद के विषय में कहेगा।" दूसरे दिन सत्यकाम गायों को साथ लेकर आगे बढ़ा। रास्ते में सायंकाल होने पर अग्नि की स्थापना की, गायों को बाँधकर समिध लाकर फिर अग्नि के सामने पूर्वाभिमुख बैठ गया है।

तꣳ हꣳस उपनिपत्याभ्युवाद सत्यकाम 3 इति भगव इति ह प्रतिशुश्राव ॥2॥

वहाँ उसके सामने उड़कर आए हुए हंस ने कहा—'सत्यकाम!' सत्यकाम ने उत्तर दिया—'हाँ भगवन्! कहिए।'

ब्रह्मणः सोम्य ते पादं ब्रवाणीति ब्रवीतु मे भगवानिति तस्मै होवाचाग्निः कला सूर्यः कला चन्द्रः कला विद्युत्कलैष वै सोम्य चतुष्कलः पादो ब्रह्मणो ज्योतिष्मान्नाम ॥3॥

हंस बोला—"हे सौम्य! तुझसे ब्रह्म के एक और पाद के बारे में कहूँगा।" सत्यकाम बोला—"हाँ भगवन्! कहिए।" तब हंस ने उससे कहा—"अग्नि एक कला है, सूर्य दूसरी कला है, चन्द्र तीसरी कला है और विद्युत् चौथी कला है। हे सौम्य! इन चार कलाओं से ब्रह्म का यह पाद बनता है। इस पाद का नाम 'ज्योतिष्मान्' है"।

स य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मणो ज्योतिष्मानित्युपास्ते ज्योतिष्मानस्मिँल्लोके भवति ज्योतिष्मतो ह लोकाञ्जयति य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मणो ज्योतिष्मानित्युपास्ते ॥4॥

इति सप्तमः खण्डः ॥

जो इस प्रकार से चार कलावाले ब्रह्म के पाद को 'ज्योतिष्मान्' के स्वरूप में जानता है—(उपासना करता है), वह इस लोक में ज्योतिष्मान् होता है। जो इस चार कलावाले ब्रह्मपाद की 'ज्योतिष्मान्' के रूप में उपासना करता है, वह ज्योतिवाले लोकों को प्राप्त होता है।

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

मद्गुष्टे पादं वक्तेति स ह श्वोभूते गा अभिप्रस्थापयांचकार ता यत्राभि सायं बभूवुस्तत्राग्निमुपसमाधाय गा उपरुध्य समिधमाधाय पश्चादग्नेः प्राङुपोपविवेश ॥1॥

हंस बोला—"तुम्हें मद्गु (एक जलचर पक्षी) ब्रह्म के अन्य पाद के विषय में कहेगा।" दूसरे दिन सत्यकाम गायों को इकट्ठा कर गुरुगृह की ओर आगे बढ़ाने लगा। जब सायंकाल हुआ तब अग्निस्थापन कर, गायें बाँधकर, अग्नि में लकड़ी डालकर अग्नि के पास पूर्वाभिमुख होकर बैठ गया।

तं मद्गुरभिनिपत्याभ्युवाद सत्यकाम 3 इति भगव इति ह प्रतिशुश्राव ॥2॥

मद्गु उड़कर उसके पास आकर बोला—'हे सत्यकाम।' उसने उत्तर दिया—'हाँ कहिए महानुभाव।'

ब्रह्मणः सोम्य ते पादं ब्रवाणीति ब्रवीतु मे भगवानिति तस्मै होवाच प्राणः कला चक्षुः कला श्रोत्रं कला मनः कलैष वै सोम्य चतुष्कलो पादो ब्रह्मण आयतनवान्नाम ॥3॥

मृद्गु बोला—"हे सौम्य! मैं तुम्हें ब्रह्म का एक और पाद कहूँगा।" वह बोला—"भगवन्, आप कहिए।" तब मद्गु ने कहा—"प्राण कला है, चक्षु कला है, श्रोत्र कला है, मन कला है—इस प्रकार यह ब्रह्म का चार कलावाला पाद है, इसका नाम 'आयतनवान्' है।

स य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मण आयतनवानित्युपास्त आयतनवानस्मिँल्लोके भवत्यायतनवतो ह लोकाञ्जयति य एतमेवं विद्वाꣳश्चतुष्कलं पादं ब्रह्मण आयतनवानित्युपास्ते ॥4॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

जो पुरुष इस तरह 'आयतनवान्' नामके इस चार कला वाले ब्रह्मपाद को जानकर उपासना करता है, वह इस लोक में अन्यों का आयतन (आधार) बनता है, और जो इस तरह आयतनवान् नामके इस चार कलावाले ब्रह्मपाद को जानकर उपासना करता है, वह मृत्यु के बाद आश्रयवाले (विस्तृत प्रदेशवाले) लोकों को प्राप्त करता है।

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

प्राप हाचार्यकुलं तमाचार्योऽभ्युवाद सत्यकाम 3 इति भगव इति ह प्रतिशुश्राव ॥1॥

अन्त में वह आचार्य के घर पर पहुँचा। उससे आचार्य ने कहा—'हे सत्यकाम।' उसने प्रत्युत्तर दिया—'जी भगवन्!'

ब्रह्मविदिव वै सोम्य भासि को नु त्वानुशशासेत्यन्ये मनुष्येभ्य इति ह प्रतिजज्ञे भगवाꣳस्त्वेव मे कामे ब्रूयात् ॥2॥

आचार्य ने कहा—"हे सौम्य! तुम ब्रह्मज्ञानी जैसे तेजस्वी लगते हो। तुम्हें किसने उपदेश दिया?" सत्यकाम ने उत्तर दिया—"मनुष्यों से अन्यों ने (देवादियों ने) मुझे उपदेश दिया है। अब मेरी इच्छा है कि आप ही मुझे उपदेश करें।"

श्रुतꣳ ह्येव मे भगवदृशेभ्य आचार्याद्धैव विद्या विदिता साधिष्ठं प्रापयतीति तस्मै हैतदेवोवाचात्र ह न किंचन वीयायेति वीयायेति ॥3॥

इति नवमः खण्डः ॥

सत्यकाम ने कहा—"मैंने आप जैसे आदरणीय पुरुषों से सुना है कि जब पुरुष किसी सुयोग्य आचार्य से उपदेश लेता है, तभी वह अच्छा फल देनेवाला होता है। (सत्यकाम के ऐसा कहने पर गौतम ने उसे) ऐसा ज्ञान दिया कि जिसमें कुछ भी बाकी न रह जाय।

(यहाँ नौवाँ खण्ड पूरा हुआ)।

❋

दशमः खण्डः

उपकोसलो ह वै कामलायनः सत्यकामे जाबाले ब्रह्मचर्यमुवास तस्य ह द्वादशवर्षाण्यग्नीन्परिचचार स ह स्मान्यानन्तेवासिनः समावर्तयꣳस्त ह स्मैव न समावर्तयति ॥1॥

कमल का पुत्र उपकोसल नाम का ब्रह्मचारी सत्यकाम जाबाल के पास बारह वर्ष तक ब्रह्मचारी के रूप में शास्त्राध्ययन करते हुए और गुरु की यज्ञाग्नि का ध्यान रखते हुए रहा। विद्याध्ययन पूरा होने पर गुरु दूसरे छात्रों को तो घर वापिस जाने की अनुज्ञा दे रहे थे, पर उपकोसल को अनुमति नहीं दे रहे थे।

तं जायोवाच तप्तो ब्रह्मचारी कुशलमग्नीन्परिचचारीन्मा त्वाग्नयः परिप्रवोचन्प्रब्रूह्यस्मा इति तस्मै ह्याप्रोच्यैव प्रवासांचक्रे ॥2॥

तब सत्यकाम की पत्नी ने उससे कहा—"यह ब्रह्मचारी तप से क्षीण हो गया है, बड़े जतन से यज्ञाग्नियों की देखभाल भी कर रहा है। तुम्हें कहीं ये अग्नि उपालम्भ न दे दें। दे दो न इसे उपदेश।" पर सत्यकाम ने उसे उपदेश न दिया। उल्टे प्रवास करने के लिए निकल पड़ा।

स ह व्याधिनानशितुं दध्रे तमाचार्यजायोवाच ब्रह्मचारिन्नशान किंनु नाश्नासीति स होवाच बहव इमेऽस्मिन्पुरुषे काम नानात्यया व्याधिभिः परिपूर्णोऽस्मि नाशिष्यामीति ॥3॥

उपकोसल उद्विग्न हो उठा। उसने खाना बन्द कर दिया। गुरुपत्नी ने कहा—"ब्रह्मचारी! कुछ खा लो। खाते क्यों नहीं?" उपकोसल बोला—"मुझमें बहुत-सी कामनाएँ भरी हैं, वे मुझे दूसरी ओर खींच रही हैं। मैं अनेक रोगों से भरा हूँ। मैं खाना नहीं चाहता।"

अथ हाग्नयः समूदिरे तप्तो ब्रह्मचारी कुशलं नः पर्यचारीद्धन्तास्मै प्रब्रवामेति तस्मै होचुः प्राणो ब्रह्म कं ब्रह्म खं ब्रह्मेति ॥4॥

उपकोसल के द्वारा जतन से सम्हाले ये तीन अग्नि, उसकी दशा देखकर कहने लगे—"इस तपस्वी ब्रह्मचारी ने हमारी अच्छी सेवा की है। हमें बड़ा खेद है। हम उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश करेंगे।" बाद में उन्होंने उपदेश दिया— "प्राण ब्रह्म है, क = सुख ब्रह्म है, ख = आकाश ब्रह्म है।

स होवाच विजानाम्यहं यत्प्राणो ब्रह्म कं च तु खं च न विजानामीति ते होचुर्यद्वाव कं तदेव खं यदेव खं तदेव कमिति प्राणं च हास्मै तदाकाशं चोचुः ॥5॥

इति दशमः खण्डः ॥

उपकोसल बोला—"प्राण ब्रह्म है, वह तो मैं जानता हूँ, परन्तु 'क' और 'ख' ब्रह्म है वह मैं नहीं जानता।" तब अग्नियों ने कहा—"जो 'क' है, वही 'ख' है और जो 'ख' है वही 'क' भी है।" ऐसा कहकर अग्नियों ने उसे 'प्राण और आकाश ब्रह्म ही है'—ऐसा बोध प्रदान किया।

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

अथ हैनं गार्हपत्योऽनुशशास पृथिव्यग्निरन्नमादित्य इति य एष आदित्ये पुरुषो दृश्यते सोऽहमस्मि स एवाहमस्मीति ॥1॥

फिर गार्हपत्य अग्नि ने उपकोसल से कहा—"पृथ्वी, अग्नि, अन्न और आदित्य—ये मेरे ब्रह्म के भाग हैं। जो पुरुष सूर्यमण्डल में दिखाई देता है, वह मैं हूँ, वह मैं ही हूँ।

स य एतमेवं विद्वानुपास्तेऽपहते पापकृत्यां लोकीभवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति नास्यावरपुरुषाः क्षीयन्त उप वयं तं भुञ्जानोऽस्मिꣳश्च लोकेऽमुष्मिꣳश्च य एतमेवं विद्वानुपास्ते ॥2॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

जो इस प्रकार गार्हपत्य को जानकर उसकी उपासना करता है, उसके सारे पाप नष्ट होते हैं, और वह गार्हपत्यलोक को प्राप्त करता है, वहाँ पूर्ण आयु भोगता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, उसके वंशज कभी क्षीण नहीं होते, हम उसका इस लोक और परलोक में पालन करते हैं।

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

अथ हैनमन्वाहार्यपचनोऽनुशशासापो दिशो नक्षत्राणि चन्द्रमा इति य एष चन्द्रमसि पुरुषो दृश्यते सोऽहमस्मि स एवाहमस्मीति ॥1॥

फिर अन्वाहार्य अग्नि (दक्षिणाग्नि ने) उपकोसल से कहा—"जल, दिशाएँ, नक्षत्र और चन्द्रमा मेरा शरीर है। यह जो चन्द्रमा में पुरुष दिखाई देता है, वही मैं हूँ, वही मैं हूँ"।

स य एतमेवं विद्वानुपास्तेऽपहते पापकृत्यां लोकीभवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति नास्यावरपुरुषाः क्षीयन्त उप वयं तं भुञ्जानोऽस्मिँश्च लोकेऽमुष्मिँश्च च एतमेव विद्वानुपास्ते ॥2॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

जो इस प्रकार दक्षिणाग्नि को जानकर उपासना करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, और

वह अन्वाहार्यलोक को प्राप्त होता है, वहाँ पूरी आयु भोगता है, उज्ज्वल जीवन जीता है, उसके वंशज कभी क्षीण नहीं होते, हम उसका इस लोक और परलोक में पालन करते हैं।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

अथ हैनमाहवनीयोऽनुशशास प्राण आकाशो द्यौर्विद्युदिति य एष पुरुषो विद्युति दृश्यते सोऽहमस्मि स एवाहमस्मीति ॥1॥

इसके बाद उपकोसल को आहवनीय अग्नि ने कहा—"प्राण, आकाश, स्वर्ग और विद्युत् ही मेरा शरीर है। विद्युत् में जो यह पुरुष दिखाई देता है, वह मैं हूँ, मैं ही वह हूँ।"

स य एतमेवं विद्वानुपास्तेऽपहते पापकृत्यां लोकीभवति सर्वमायुरेति ज्योग्जीवति नास्यावरपुरुषाः क्षीयन्त उप वयं तं भुञ्जानोऽस्मिꣳश्च लोकेऽमुष्मिꣳश्च य एतमेवं विद्वानुपास्ते ॥2॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

जो मनुष्य इस प्रकार आहवनीय अग्नि को जानकर उपासना करता है, उसके सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। वह आहवनीय अग्नि के लोक को प्राप्त होता है, वह वहाँ पूर्ण आयु भोग कर तेजस्वी जीवन जीता है। हम उसे यहाँ (इस लोक में) और परलोक में उसका जतन करते हैं।

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

ते होचुरुपकोसलैषा सोम्य तेऽस्मद्विद्याऽऽत्मविद्या चाचार्यस्तु ते गतिं वक्तेत्याजगाम हास्याचार्यस्तमाचार्योऽभ्युवादोपकोसल 3 इति ॥1॥

फिर उन अग्नियों ने उपकोसल से कहा—"हे उपकोसल! हे सौम्य! हमने अभी तुम्हें हमारी (अग्नियों की) विद्या कही है। यह विद्या आत्मविद्या भी है। अब तुम्हारे आचार्य उस विद्योपासना की पद्धति कहेंगे अर्थात् उपासना के द्वारा प्राप्त किया जानेवाला परलोक का मार्ग बताएँगे"। फिर कुछ समय बाद आचार्य ने लौटकर कहा—'अरे उपकोसल!'

भगव इति ह प्रतिशुश्राव ब्रह्मविद इव सोम्य ते मुखं भाति को नु त्वानुशशासेति को नु मानुशिष्याद्धो इतीहापेव निह्नुत इमे नूनमीदृशा अन्यादृशा इतीहाग्नीनभ्युदे किं नु सौम्य किल तेऽवोचन्निति ॥2॥

तब उपकोसल ने उत्तर दिया—"हाँ भगवन्!" तब आचार्य ने कहा—"हे सौम्य! तुम्हारा मुख तो ब्रह्मज्ञानी की तरह प्रकाशवान दीख पड़ता है। तुम्हें किसने उपदेश दिया?" उपकोसल बोला—"मुझे भला कौन उपदेश देगा?" ऐसा कहकर मानो वह कुछ छिपाना चाहता था। फिर अग्नियों के बारे में कहने लगा—"पहले ये (अग्नि) अलग प्रकार के थे, और अब ये ऐसे (उपदेशक) हो गए।" ऐसा कहकर उसने अग्नियों की ओर संकेत किया। तब आचार्य ने पूछा—"सौम्य! इन अग्नियों ने तुम्हें क्या सिखाया?"

इदमिति ह प्रतिजज्ञे लोकान्वाव किल सोम्य तेऽवोचन्नहं तु ते तद्वक्ष्यामि यथा पुष्करपलाश आपो न श्लिष्यन्त एवमेवंविदि पापं कर्म न श्लिष्यत इति ब्रवीतु मे भगवानिति तस्मै होवाच ॥3॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

उपकोसल ने उत्तर दिया—"उन्होंने ऐसा ऐसा कहा।" (इस प्रकार उसने आचार्य को अग्नि द्वारा दिए हुए सब उपदेश बताए)। तब आचार्य ने कहा—"हे सौम्य! उन्होंने तुम्हें केवल लोकों के बारे में ही बताया है। परन्तु मैं तुम्हें ब्रह्म के विषय में बताऊँगा। जिस तरह कमलपत्र के ऊपर पानी कभी ठहरता नहीं है, ठीक उसी प्रकार उस ब्रह्म को जाननेवाले को पाप कभी स्पर्श नहीं कर सकता।" तब उपकोसल ने कहा—"आप महानुभाव मुझे यह कहिए।" इस पर आचार्य ने कहा—

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशः खण्डः

य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति तद्यद्याप्यस्मिन्सर्पिर्वोदकं वा सिञ्चन्ति वर्त्मनी एव गच्छति ॥1॥

"आँख में जो यह पुरुष दिखाई देता है, वह आत्मा है। यह (आत्मा) अमर है, निर्भय है, वही ब्रह्म है। इसीलिए यदि कोई इस (आँख) में घी या पानी डालता है, तो वह आँख की पलकों से बाहर निकल जाता है (आँख के साथ उसका कोई सम्बन्ध नहीं होता)।

एतꣳ संयद्वाम इत्याचक्षत एतꣳ हि सर्वाणि वामान्यभिसंयन्ति सर्वाण्येनं वामान्यभिसंयन्ति य एवं वेद ॥2॥

इसे ज्ञानी लोग 'संयद् वाम' कहते हैं। क्योंकि जो कुछ अच्छा और सुन्दर है, वह इसमें मिलता है। जो पुरुष इस तत्त्व को जानता है, उसे सब सुन्दर और सब उत्तम ही मिलता है। (वाम का अर्थ आकर्षक, सुन्दर, इच्छित आदि होता है)।

एष उ एव वामनीरेष हि सर्वाणि वामानि नयति सर्वाणि वामानि नयति य एवं वेद ॥3॥

आँख में दिखाई देनेवाला यह पुरुष ही 'वामनी' है ('वामनी' का अर्थ शुभ कर्मों का समुचित फलदाता होता है) क्योंकि वही सभी लोगों को शुभ कार्यों की ओर प्रेरित करता है। जो पुरुष इस अक्षिपुरुष को इस प्रकार से जानता है, उसको सभी शुभ कर्म प्राप्त हो जाते हैं।

एष उ एव भामनीरेष हि सर्वेषु लोकेषु भाति सर्वेषु लोकेषु भाति य एवं वेद ॥4॥

यही अक्षिपुरुष 'भामनी' (प्रकाशक) है, क्योंकि यही सभी लोकों को प्रकाशित करता है। जो साधक इसको ऐसा जानता (उपासना करता) है, उसे सभी प्रकाश मिल जाते हैं।

अथ यदु चैवास्मिञ्छव्यं कुर्वन्ति यदि च नार्चिषमेवाभिसंभवन्त्यर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाणपक्षमापूर्यमाणपक्षाद्यान्षडुदङ्डेति मासाꣳस्तान्मासेभ्यः संवत्सरꣳ संवत्सरादादित्यमादित्याच्चन्द्रमसं चन्द्रमसो विद्युतं

तत्पुरुषोऽमानवः। स एनान्ब्रह्म गमयत्येष देवपथो ब्रह्मपथ एतेन प्रतिपद्यमाना इमं मानवमावर्तं नावर्तन्ते नावर्तन्ते ॥5॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

इसके बाद ऐसे ज्ञानियों के मरण के बाद उनकी उत्तरक्रियाएँ की गई हों या न की गई हों, पर वे अर्चिष (तेज) को ही प्राप्त होते हैं, अर्चिष से वे दिवसाभिमानी देव को प्राप्त होते हैं, दिवसदेव से शुक्लपक्ष को, शुक्लपक्ष से उत्तरायण के जो छः मास हैं उनको, उन मासों से संवत्सर को, संवत्सर से आदित्य को आदित्य से चन्द्रमा को, चन्द्रमा से वे विद्युत् को प्राप्त हो जाते हैं। वहाँ कोई अमानवीय पुरुष उन्हें ब्रह्मतत्त्व को प्राप्त करवाता है। यही देवमार्ग है, यही ब्रह्ममार्ग है। इसको प्राप्त होनेवाले ज्ञानी फिर इस मानुषी (मर्त्य) लोक के गमनागमन में नहीं आते।

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षोडशः खण्डः

एष ह वै यज्ञो योऽयं पवत एष ह यन्निदꣳ सर्वं पुनाति यदेष यन्निदꣳ सर्वं पुनाति तस्मादेष एव यज्ञस्तस्य मनश्च वाक्च वर्तनी ॥1॥

जो यह बहता (चलता है) यह वायु ही यज्ञ है। वह बहता हुआ वायु ही सारे जगत् को पवित्र (स्वच्छ) कर देता है। और चूँकि बहता हुआ यह सारे जगत् को पवित्र (स्वच्छ) कर देता है इसीलिए यह यज्ञ है। मन और वाणी इसके मार्ग हैं।

तयोरन्यतरां मनसा सꣳस्करोति ब्रह्मा वाचा होताध्वर्युरुद्गाता-न्यतराꣳस यत्रोपाकृते प्रातरनुवाके पुरा परिधानीयाया ब्रह्मा व्यवदति ॥2॥

उन दो मार्गों में से एक मार्ग का ब्रह्मा ऋत्विक् मन से संस्कार करता है और होता, अध्वर्यु एवं उद्गाता—ये तीन ऋत्विज दूसरे मार्ग का वाणी से संस्कार करते हैं। ऐसी अवस्था में वह ब्रह्माऋत्विज् 'प्रातरनुवाक' कर्म का प्रारंभ होते ही और 'परिधानीया' ऋचा का जप करने से पहले बोल उठते हैं। (तब—)

अन्यतरामेव वर्तनीꣳ सꣳस्करोति हीयतेऽन्यतरा स यथैकपाद्व्रजन्नथो वैकेन चक्रेण वर्तमानो रिष्यत्येवमस्य यज्ञो रिष्यति यज्ञꣳ रिष्यन्तं यजमानोऽनुरिष्यति स इष्ट्वा पापीयान्भवति ॥3॥

तो (केवल ब्रह्मा के ही बोलने पर तो) ब्रह्मा केवल एक ही मार्ग का संस्कार करते हैं (दूसरा मार्ग बाकी रह जाता है) और अन्य ऋत्विजों के कार्यों के अभाव से दूसरा मार्ग नष्ट हो जाता है। जिस तरह एक पैर से चलनेवाला पुरुष अथवा एक ही पहिए से चलनेवाला रथ नष्ट हो जाता है, इसी तरह उसका (यजमान का) यज्ञ भी नष्ट ही हो जाता है। यज्ञ का नाश होने के बाद यजमान का नाश हो जाता है। ऐसे यज्ञ किए जाने से वह उत्तरोत्तर अधिक पापी होता जाता है।

अथ यत्रोपाकृते प्रातरनुवाके न पुरा परिधानीयाया ब्रह्मा व्यवदत्युभे एव वर्तनी सꣳस्कुर्वन्ति न हीयतेऽन्यतरा ॥4॥

बाद में यदि 'प्रातरनुवाक' का प्रारंभ होने के बाद एवं 'परिधानीया' ऋचा के पहले यदि ब्रह्मा न बोलता हो, तब तो सब ऋत्विज् मिलकर दोनों मार्गों का संस्कार कर देते हैं, किसी मार्ग का नाश नहीं होता।

स यथोभयपद्व्रजन्नथो वोभाभ्यां चक्राभ्यां वर्तमानः प्रतितिष्ठत्येवमस्य यज्ञः प्रतितिष्ठति यज्ञं प्रतितिष्ठन्तं यजमानोऽनुप्रतितिष्ठति स इष्ट्वा श्रेयान्भवति ॥5॥

इति षोडशः खण्डः ॥

जिस तरह दोनों पैरों से चलनेवाला पुरुष अथवा दोनों चक्रों से चलनेवाला रथ स्थित रहता है, ठीक उसी तरह उसका यज्ञ स्थित रहता है। यज्ञ के स्थित होने से यजमान भी स्थित रहता है। ऐसा यज्ञ करके वह श्रेष्ठ होता है।

(यहाँ सोलहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तदशः खण्डः

प्रजापतिर्लोकानभ्यतपत्तेषां तप्यमानानाꣳ रसान्प्रावृहदग्निं पृथिव्या वायुमन्तरिक्षादादित्यं दिवः ॥1॥

प्रजापति ने लोकों का सारतत्त्व जानने के लिए तप किया। इससे उन्होंने पृथ्वी के सारतत्त्व अग्नि को, अन्तरिक्ष के सारतत्त्व वायु को और स्वर्ग के सारतत्त्व आदित्य को जाना।

स एतास्तिस्रो देवता अभ्यतपत्तासां तप्यमानानाꣳ रसान्प्रावृहदग्नेर्ऋचो वायोर्यजूꣳषि सामान्यादित्यात् ॥2॥

इन तीन देवताओं का सारतत्त्व जानने के लिए उन्हें लक्ष्य कर प्रजापति ने फिर से तप किया। इससे उन्होंने अग्नि से ऋग्वेद, वायु से यजुर्वेद और आदित्य से सामवेद को साररूप में जाना अर्थात् ग्रहण किया।

स एतां त्रयीं विद्यामभ्यतपत्तस्यास्तप्यमानाया रसान्प्रावृहद् भूरित्यृग्भ्यो भुवरिति यजुर्भ्यः स्वरिति सामभ्यः ॥3॥

प्रजापति ने तीनों विद्याओं का सारतत्त्व जानने के लिए फिर से तप किया। इससे उन्होंने जाना कि ऋग्वेद का सार 'भूः' है, यजुर्वेद का सार 'भुवः' है और सामवेद का सार 'स्वः' है।

तद्यद्ध्यृक्तो रिष्येद्भूः स्वाहेति गार्हपत्ये जुहुयादृचामेव तद्रसेनर्चां वीर्येणर्चां यज्ञस्य विरिष्टꣳ सन्दधाति ॥4॥

इसलिए ऋग्वेद-मंत्रों में क्षति होने पर, 'भूः स्वाहा' ऐसा बोलकर गार्हपत्य अग्नि में होम करना चाहिए। ऋग्वेद के उस सारतत्त्व से, ऋग्वेद के वीर्य (महत्त्व) से (यजमान के) यज्ञ की क्षति को अवश्य ही वह ब्रह्मा (ऋत्विज्) पूर्ण कर देता है।

अथ यदि यजुष्टो रिष्येद् भुवः स्वाहेति दक्षिणाग्नौ जुहुयाद्यजुषामेव तद्रसेन यजुषां वीर्येण यजुषां यज्ञस्य विरिष्टꣳ सन्दधाति ॥5॥

यदि यजुः श्रुतियों से क्षति हुई हो, तो 'भुवः स्वाहा' ऐसा बोलकर दक्षिणाग्नि में होम करना

चाहिए। इस तरह यजुषों के रस से, यजुषों के प्रभाव द्वारा यज्ञ की यजुःसम्बन्धी क्षति को ब्रह्मा दूर करते हैं।

अथ यदि सामतो रिष्येत्स्वः स्वाहेत्याहवनीये जुहुयात्साम्नामेव तद्रसेन साम्नां वीर्येण साम्नां यज्ञस्य विरिष्टꣳ सन्दधाति ॥6॥

यदि साम श्रुतियों के कारण कोई गलती हो, तो 'स्वः स्वाहा'—ऐसा बोलकर आहवनीय अग्नि में होम करना चाहिए। इस तरह सामों के रस से, सामों के महत्त्व से यज्ञ की साम सम्बन्धी क्षति ब्रह्मा (ऋत्विज्) पूर्ण कर देता है।

तद्यथा लवणेन सुवर्णꣳ संदध्यात्सुवर्णेन रजतꣳ रजतेन त्रपु त्रपुणा सीसꣳ सीसेन लोहं लोहेन दारु दारु चर्मणा ॥7॥

इसमें ऐसा समझना चाहिए कि जैसे क्षार से सोना, सोने से रजत, रजत से रांगा, रांगे से सीसा, सीसे से लोहा तथा लोहे से काष्ठ को और चमड़े से काष्ठ को जोड़ा जाता है।

एवमेषां लोकानामासां देवतानामस्यास्त्रय्या विद्याया वीर्येण यज्ञस्य विरिष्टꣳ संदधाति भेषजकृतो ह वा एष यज्ञो यत्रैवंविद्ब्रह्मा भवति ॥8॥

उसी प्रकार इन लोकों, देवताओं और त्रयी विद्या के प्रभाव से यज्ञ के क्षत को जोड़ा जाता है। जिस यज्ञ में इस प्रकार जाननेवाला ब्रह्मा (ऋत्विज्) होता है, वह अवश्य ही मानो औषधियों (आहुतियों) के द्वारा सुसंस्कृत होता है।

एष ह वा उदक्प्रवणो यज्ञो यत्रैवंविद् ब्रह्मा भवत्येवंविदꣳ ह वा एषा ब्रह्माणमनु गाथा यतो यत आवर्तते तत्तद्गच्छति ॥9॥

जिस यज्ञ में ऐसा जानकार ब्रह्मा (ऋत्विज्) होता है, वह यज्ञ उत्तरमार्ग की प्राप्ति का कारण होता है। ऐसी जानकारी रखनेवाले ब्रह्मा की स्तुति के लिए ही कहा गया है कि (यह गाथा है कि—) "जहाँ-जहाँ यज्ञकर्म आवृत्त (क्षतियुक्त) होता है, वहाँ उस क्षति (कमी) की पूर्ति करनेवाला ब्रह्मा (ऋत्विज्) आ जाता है।"

मानवो ब्रह्मैवैक ऋत्विक्कुरूनश्वाभिरक्षत्येवंविद्ध वै ब्रह्मा यज्ञं यजमानꣳ सर्वांश्चर्त्विजोऽभिरक्षति तस्मादेवंविदमेव ब्रह्माणं कुर्वीत नानेवंविदं नानेवंविदम् ॥10॥

इति सप्तदशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि चतुर्थोऽध्यायः ॥4॥

वही सच्चा ब्रह्मा (ऋत्विज्) है, जो मननशील और शान्तिप्रिय हो। जैसे युद्ध में योद्धाओं को अश्वा (घोड़ी) हर तरह से बचा लेती है, वैसे ही यह पूरी जानकारी रखनेवाला ब्रह्मा (ऋत्विज्) यजमान एवं अन्य ऋत्विजों की भी हर तरह से रक्षा करता है। इसलिए ऐसा जाननेवाले को ही ब्रह्मा बनाना चाहिए, नहीं जाननेवाले को ब्रह्मा नहीं बनाना चाहिए, नहीं जाननेवाले को ब्रह्मा नहीं बनाना चाहिए।

(यहाँ सत्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् का चौथा अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथ पञ्चमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ यो ह वै ज्येष्ठं च श्रेष्ठं च वेद ज्येष्ठश्च ह वै श्रेष्ठश्च भवति प्राणो वाव ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च ॥1॥

जो सबसे बड़े को और सबसे ज्यादा गुणवाले को जान लेता है, वह स्वयं ही सबसे बड़ा और सबसे अधिक गुणवाला हो जाता है। प्राण ही इन्द्रियों में सबसे बड़ा और सबसे अधिक गुणवाला है।

यो ह वै वसिष्ठं वेद वसिष्ठो ह स्वानां भवति वाग्वाव वसिष्ठः ॥2॥

जो कोई वसिष्ठ को (धनवान को – आच्छादक को) जानता है, वह स्वयं अपनी जातियों में स्थायी (धनवान अर्थात् सब पर छा जानेवाला) होता है। सचमुच वाणी ही वसिष्ठ है।

यो ह वै प्रतिष्ठां वेद प्रति ह तिष्ठत्यस्मिꣳश्च लोकेऽमुष्मिꣳश्च चक्षुर्वाव प्रतिष्ठा ॥3॥

जो कोई प्रतिष्ठा को जानता है, वह इस लोक में और परलोक में प्रतिष्ठित होता है। चक्षु ही प्रतिष्ठा है।

यो ह वै सम्पदं वेद सꣳहास्मै कामाः पद्यन्ते दैवाश्च मानुषाश्च श्रोत्रं वाव सम्पत् ॥4॥

जो कोई संपत् को जानता है, उसको सभी दैवी और मानुष कामभोग आ मिलते हैं। श्रोत्र ही वह संपत् है।

यो ह वा आयतनं वेदायतनꣳ ह स्वानां भवति मनो ह वा आयतनम् ॥5॥

जो कोई आयतन (आश्रय) को जानता है, वह स्वजनों का आश्रय होता है। सचमुच मन ही आयतन (आश्रय) है।

अथ ह प्राणा अहꣳ श्रेयसि व्यूदिरेऽहꣳ श्रेयानस्म्यहꣳ श्रेयानस्मीति ॥6॥

एक बार सभी इन्द्रियाँ "मैं श्रेष्ठ हूँ, मैं श्रेष्ठ हूँ"—इस प्रकार अपनी-अपनी श्रेष्ठता के लिए वाद-विवाद करने लगीं।

ते ह प्राणाः प्रजापतिं पितरमेत्योचुर्भगवन्को नः श्रेष्ठ इति तान्होवाच यस्मिन्व उत्क्रान्ते शरीरं पापिष्ठतरमिव दृश्येत स वः श्रेष्ठ इति ॥7॥

वे इन्द्रियाँ अपने पिता प्रजापति के पास जाकर कहने लगीं कि—"हे भगवन्! हममें से कौन श्रेष्ठ है?" तब प्रजापति ने उनसे कहा—"तुममें से जिसके चले जाने से शरीर शव की तरह अपवित्र दिखाई दे, वह तुममें से श्रेष्ठ है।"

सा ह वागुच्चक्राम सा संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्ते मज्जीवितुमिति यथा कला अवदन्तः प्राणन्तः प्राणेन पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेण ध्यायन्तो मनसैवमिति प्रविवेश ह वाक् ॥8॥

पहले वाणी शरीर से बाहर चली गई। एक वर्ष तक शरीर से बाहर रहकर लौटकर उसने अन्यों

से पूछा—"मेरे बिना तुम (सब अन्य इन्द्रियाँ) कैसे जी सकीं?" तब अन्य इन्द्रियों ने उत्तर दिया—"जैसे गूँगे लोग न बोलते हुए भी नाक से श्वास लेते हुए, आँखों से देखते हुए, कान से सुनते हुए और मन से विचार करते हुए जीते हैं, उसी प्रकार हम जी सकीं"। तब वाणी फिर से शरीर में प्रविष्ट हो गई।

चक्षुर्होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्ते मज्जीवितुमिति यथान्धा अपश्यन्तः प्राणान्तः प्राणेन वदन्तो वाचा शृण्वन्तः श्रोत्रेण ध्यायन्तो मनसैवमिति प्रविवेश ह चक्षुः ॥9॥

फिर चक्षुरिन्द्रिय शरीर से बाहर निकल गई। एक वर्ष तक शरीर से बाहर रहकर वापस लौटकर उसने अन्य इन्द्रियों से पूछा—"मेरे बिना तुम किस तरह जी सकीं? इन्द्रियों ने उत्तर दिया—"जैसे अन्धे लोग नासिका से श्वास लेते हुए, वाणी से बोलते हुए, कान से सुनते हुए और मन से विचार करते हुए जीते हैं, वैसे ही हम जी सकीं।" ऐसा सुनकर चक्षुरिन्द्रिय ने फिर से शरीर में प्रवेश किया।

श्रोत्रꣳ होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्ते मज्जीवितुमिति यथा बधिरा अशृण्वन्तः प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा ध्यायन्तो मनसैवमिति प्रविवेश ह श्रोत्रम् ॥10॥

बाद में श्रोत्रेन्द्रिय शरीर से बाहर निकल गई। एक वर्ष तक शरीर से बाहर रहकर फिर लौटकर उसने अन्य इन्द्रियों से पूछा—"मेरे बिना तुम किस तरह जी सकीं? तब अन्य इन्द्रियों ने उत्तर दिया—"जैसे बहरे लोग न सुनते हुए भी नासिका से श्वास लेते हुए, वाणी से बोलते हुए, आँखों से देखते हुए और मन से विचार करते हुए जीते हैं, वैसे ही हम जी सकीं।" ऐसा सुनकर श्रोत्रेन्द्रिय ने भी वापस शरीर में प्रवेश कर लिया।

मनो होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्य पर्येत्योवाच कथमशकतर्ते मज्जीवितुमिति यथा बाला अमनसः प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेणैवमिति प्रविवेश ह मनः ॥11॥

फिर मन शरीर को छोड़कर चला गया। एक वर्ष तक दूर रहकर वापिस आकर अन्य अवयवों से वह बोला—"मेरे बिना तुम लोग कैसे जी सकीं?" तब उन्होंने कहा—"जिस प्रकार बच्चे विचारहीन होते हुए भी नाक से श्वास लेकर, वाणी से बोलकर, आँखों से देखकर, कानों से सुनकर जीते हैं, वैसे ही हम जी सके।" यह सुनकर मन ने फिर से शरीर में प्रवेश कर लिया।

अथ ह प्राण उच्चिक्रमिषन्त्स यथासुहयः पड्वीशशङ्कून्संखिदेदेवमितरान्प्राणान्समखिदत्तꣳ हाभिसमेत्योचुर्भगवन्नेधि त्वं नः श्रेष्ठोऽसि मोत्क्रमीरिति ॥12॥

अब जब प्राण ने शरीर छोड़ना चाहा, तब जैसे ऊँची जाति का कोई घोड़ा पैर बाँधने के खूँटों को भी उखाड़ डालता है, वैसे ही उसके निकलने से अन्यान्य इन्द्रियाँ भी उखड़ने लगीं। बाद में उन इन्द्रियों ने प्राण से कहा—"हे महानुभाव! आप हमारा स्वामित्व स्वीकार करें। आप इस शरीर में वापस लौट जाइए, आप हम सबमें श्रेष्ठ हैं। बाहर मत जाइए"।

अथ हैनं वागुवाच यदहं वसिष्ठोऽस्मि त्वं तद्वसिष्ठोऽसीत्यथ हैनं चक्षुरुवाच यदहं प्रतिष्ठास्मि त्वं तत्प्रतिष्ठासीति ॥13॥

फिर उस (प्राण) से वागिन्द्रिय ने कहा—"मैं जो वसिष्ठ (धनवान) हूँ वह वसिष्ठ (धनवान) आप ही हैं। फिर चक्षुरिन्द्रिय ने उससे कहा—"मैं जो प्रतिष्ठा (स्थिति) हूँ वह प्रतिष्ठा (स्थिति) आप ही हैं"।

अथ हैनं श्रोत्रमुवाच यदहꣳ संपदस्मि त्वं तत्संपदसीत्यथ हैनं मन उवाच यदहमायतनमस्मि त्वं तदायतनमसीति ॥14॥

फिर श्रोत्रेन्द्रिय ने उससे कहा—"मैं जो संपत् हूँ, वह संपत् आप ही हैं। बाद में मन ने उससे कहा कि—"मैं जो आयतन हूँ, वह आयतन भी आप ही हैं।

न वै वाचो न चक्षूꣳषि न श्रोत्राणि न मनाꣳसीत्याचक्षते प्राणा इत्येवाचक्षते प्राणो ह्येवैतानि सर्वाणि भवन्ति ॥15॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

लोग इन इन्द्रियों को वाणी, चक्षु, श्रोत्र, मन आदि नहीं कहते अपितु सभी को 'प्राण' (शब्द से) कहते हैं। क्योंकि प्राण ही इन सभी इन्द्रियों के रूप में सम्बोधित होता है।

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयः खण्डः

स होवाच किं मेऽन्नं भविष्यतीति यत्किंचिदिदमा श्वभ्य आ शकुनिभ्य इति होचुस्तद्वा एतदनस्यान्नमनो ह वै नाम प्रत्यक्षं न ह वा एवंविदि किंचनानन्नं भवतीति ॥1॥

प्राण ने इन्द्रियों से कहा—"मेरा अन्न (भोग) क्या होगा ?" इन्द्रियों ने कहा—"हे भगवन् कुत्तों से लेकर, पक्षियों से लेकर, सब जीवों का जो कुछ भी अन्न है, वही आपका भोग (भोग्य आहार) होगा"। इसलिए यह सब अन्न प्राण का ही अन्न है। प्राण का प्रत्यक्ष नाम 'अन' है। ('अन् गतौ' इस धातु के आगे प्र वि उद् सम् अप् उपसर्ग लगने से क्रमशः प्राण, व्यान, उदान, समान और अपान शब्द बनते हैं।) ऐसा जाननेवाले के लिए कुछ भी 'अनन्न' 'अनाहार' नहीं है।

स होवाच किं मे वासो भविष्यतीत्याप इति होचुस्तस्माद्वा एतदशिष्यन्तः पुरस्ताच्चोपरिष्टाच्चाद्भिः परिदधति लम्भुको ह वासो भवत्यनग्नो ह भवति ॥2॥

तब प्राण ने इन्द्रियों से पूछा—"मेरा वस्त्र क्या होगा ?" इन्द्रियों ने कहा—"जल आपका वस्त्र होगा।" इसीलिए तो भोजन करने वाले भोजन से पहले और भोजन करने के बाद भी पानी के आचमन से प्राण का आस्तरण और आच्छादन करते हैं। ऐसा करनेवाला व्यक्ति (भोजन से पहले और बाद में 'ॐ अमृतोपस्तरणमसि' और 'ॐ अमृतापिधानमसि' ऐसे मंत्रपूर्वक आचमन करनेवाला व्यक्ति) वस्त्र प्राप्त करनेवाला होता है, वह कभी नग्न नहीं रहता।

तद्धैतत्सत्यकामो जाबालो गोश्रुतये वैयाघ्रपद्यायोक्त्वोवाच यद्यप्येतच्छुष्काय स्थाणवे ब्रूयाज्जायेरन्नेवास्मिञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति ॥3॥

यह प्राणविद्या सत्यकाम जाबाल ने वैयाघ्रपद्य गोश्रुति से कहकर फिर कहा—"यदि यह प्राणविद्या सूखे हुए ठूँठे को भी सुनाई जाए, तो उसमें से भी डालियाँ और पत्ते भी फूट निकलेंगे।

अथ यदि महज्जिगमिषेदमावास्यायां दीक्षित्वा पौर्णमास्याꣳ रात्रौ सर्वौषधस्य मन्थं दधिमधुनोरुपमथ्य ज्येष्ठाय श्रेष्ठाय स्वाहेत्यग्नावाज्यस्य हुत्वा मन्थे संपातमवनयेत् ॥4॥

प्राणविद्या के बोध के बाद यदि कोई महत्त्व की (बड़प्पन की) प्राप्ति करना चाहे, तो अमावास्या के दिन दीक्षा लेकर, पूर्णिमा की रात्रि में सभी प्रकार की औषधियों को बारीक कूटकर उसे लकड़ी के बरतन में मधु और दही के साथ मन्थन कर (घोंटकर)—'ज्येष्ठाय श्रेष्ठाय स्वाहा'—यह मंत्र पढ़कर घी का अग्नि में होम करने के बाद स्रुव में से टपकता हुआ घी उस मन्थ में डालना चाहिए।

वसिष्ठाय स्वाहेत्यग्नावाज्यस्य हुत्वा मन्थे संपातमवनयेत् प्रतिष्ठायै स्वाहेत्यग्नावाज्यस्य हुत्वा मन्थे संपातमवनयेत् संपदे स्वाहेत्यग्नावाज्यस्य हुत्वा मन्थे संपातमवनयेदायतनाय स्वाहेत्यग्नावाज्यस्य हुत्वा मन्थे संपातमवनयेत् ॥5॥

'वसिष्ठाय स्वाहा'—यह मन्त्र बोलकर अग्नि में घी की आहुति देकर बाद में घी को उस मन्थ में टपकाना चाहिए। 'प्रतिष्ठायै स्वाहा'—इस मंत्र को बोलकर अग्नि में घी की आहुति डालकर बाद में वह घी उस मन्थ में टपकाना चाहिए। 'सम्पदे स्वाहा'—यह मंत्र बोलकर पहले अग्नि में उस घी की आहुति देकर बाद में घी को उस मन्थ में टपकाना चाहिए। 'आयतनाय स्वाहा'—यह मंत्र बोलकर अग्नि में घी की आहुति देनी चाहिए फिर उस स्रुव में रहे (बचे हुए) घी को उस मन्थ में टपकाना चाहिए।

अथ प्रतिसृप्याञ्जलौ मन्थमाधाय जपत्यमो नामास्यमा हि ते सर्वमिदꣳ स हि ज्येष्ठः श्रेष्ठो राजाधिपतिः स मा ज्यैष्ठ्यꣳ श्रैष्ठ्यꣳ राज्यमाधिपत्यं गमयत्वहमेवेदꣳ सर्वमसानीति ॥6॥

हवन के बाद थोड़ा दूर खिसकर मंथ को अंजलि में लेकर स्तुति करनी चाहिए—"हे मन्थ! तू 'अम' नामवाला है। क्योंकि यह सारा जगत् अपने प्राणभूत रूप में तुझमें रहा है। वह तू ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, दीप्तिमान और सर्वाधिपति है। तू मुझे ज्येष्ठत्व, श्रेष्ठत्व, राज्य और आधिपत्य दो, जिससे मैं यह ऐश्वर्य पा सकूँ।" (यह मूल मंत्र ऊपर की कण्डिका में—'अमो नामासि' से लेकर 'आसानि' तक दिया है)।

अथ खल्वेतयर्चा पच्छ आचामति तत्सवितुर्वृणीमह इत्याचामति वयं देवस्य भोजनमित्याचामति श्रेष्ठꣳ सर्वधातममित्याचामति तुरं भगस्य धीमहीति सर्वं पिबति। निर्णिज्य कꣳसं चमसं वा पश्चादग्नेः संविशति चर्मणि वा स्थण्डिले वा वाचंयमोऽप्रसाहः। स यदि स्त्रियं पश्येत्समृद्धं कर्मेति विद्यात् ॥7॥

इसके बाद आगे कही जाने वाली ऋचा का एक-एक चरण बोलकर मन्थ का प्राशन करना चाहिए अर्थात् खाना चाहिए। यथा—(1) तत्सवितुर्वृणीमहे, (2) वयं देवस्य भोजनम्, (3) श्रेष्ठं सार्वधातमम्, (4) तुरं भगस्य धीमहि। इस प्रकार अन्तिम चौथे चरण को बोलकर कांस्यपात्र अथवा चमस में रखा हुआ सब मन्थ धोकर पी जाना चाहिए। इसके बाद मृगचर्म पर या पवित्र यज्ञभूमि पर

वाणी का संयम रखते हुए अर्थात् अनिष्ट स्वप्नदर्शनादि से अभिभूत न होते हुए चित्त को शान्त करके सो जाना चाहिए। यदि स्वप्न में स्त्री दिखाई दे तो कार्य सफल हो गया है, ऐसा समझना चाहिए।

तदेष श्लोकः—यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियꣳ स्वप्नेषु पश्यति। समृद्धिं तत्र जानीयात्तस्मिन्स्वप्ननिदर्शने। तस्मिन्स्वप्ननिदर्शने इति ॥8॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

इस विषय में यह श्लोक है—जब काम्य कर्मों में स्वप्न में कोई स्त्री को देखता है, तब समृद्धि जाननी चाहिए अर्थात् कार्य की सफलता जाननी चाहिए।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

श्वेतकेतुर्हारुणेयः पञ्चालानाꣳसमितिमेयाय तꣳह प्रवाहणो जैबलिरुवाच कुमारानु त्वाशिषत्पितेत्यनु हि भगव इति ॥1॥

आरुणि का पुत्र श्वेतकेतु एक बार पंचालों की सभा में आया। उससे जैबलिपुत्र प्रवाहण (राजा) ने पूछा—"कुमार! तुम्हारे पिता ने तुम्हें उपदेश दिया है क्या?" श्वेतकेतु बोला—"हाँ, भगवन्! मेरे पिता ने मुझे उपदेश दिया है"।

वेत्थ यदितोऽधि प्रजाः प्रयन्तीति न भगव इति वेत्थ यथा पुनरावर्तन्त 3 इति न भगव इति वेत्थ पथोर्देवयानस्य पितृयाणस्य च व्यावर्तना 3 इति न भगव इति ॥2॥

फिर प्रवाहण ने पूछा—"मरने के बाद मनुष्य कहाँ जाते हैं, वह तू जानता है?" उसने कहा—"नहीं भगवन्"। प्रवाहण ने पूछा—"वहाँ से वे किस तरह लौटते हैं वह तू जानता है?" श्वेतकेतु ने कहा—"नहीं भगवन्!" प्रवाहण ने पूछा—"देवयान और पितृयाण—ये दो मार्ग कहाँ से अलग होते हैं, वह तू जानता है?" श्वेतकेतु ने कहा—"नहीं भगवन्।"

वेत्थ यथासौ लोको न संपूर्यत 3 इति न भगव इति वेत्थ यथा पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्तीति नैव भगव इति ॥3॥

प्रवाहण ने कहा—"मरे हुए लोगों से पितृलोक क्यों भर नहीं जाता, वह तू जानता है क्या"? श्वेतकेतु बोला—"नहीं भगवन्"। प्रवाहण ने पूछा—"पाँचवीं आहुति में जल पुरुषवाचक अथवा जीववाचक कैसे बन जाता है, वह तू जानता है क्या? श्वेतकेतु ने कहा—"नहीं भगवन्"।

अथानु किमनुशिष्टोऽवोचथा यो हीमानि न विद्यात्कथꣳसोऽनुशिष्टो ब्रुवीतेति स हायस्तः पितुरर्धमेयाय तꣳहोवाचाऽननुशिष्य वाव किल मा भगवानब्रवीदनु त्वाशिषमिति ॥4॥

प्रवाहण ने कहा—"यदि तू कुछ भी नहीं जानता तो, 'मेरे पिता ने मुझे पढ़ाया' ऐसा कैसे तूने कहा?" प्रवाहण के ऐसा कहने से श्वेतकेतु खिन्न हो गया। यह पिता के पास वापिस आया और कहने लगा—"पूर्ण उपदेश दिए बिना ही आपने मुझे ऐसा क्यों कहा कि मैंने तुझे पढ़ा दिया है?

पञ्च मा राजन्यबन्धुः प्रश्नानप्राक्षीत्तेषां नैकंचनाशकं विवक्तुमिति स होवाच यथा मा त्वं तदैतानवदो यथाहमेषां नैकंचन वेद यद्यहमिमाननवेदिष्यं कथं ते नावक्ष्यमिति ॥5॥

"उस क्षत्रियबन्धु ने मुझसे पाँच प्रश्न पूछे थे। उनमें से एक का भी उत्तर मैं न दे सका।" तब पिता ने कहा—"तूने आते ही ये जो प्रश्न मुझे सुनाए, उनमें से एक का भी उत्तर मैं नहीं जानता। यदि जानता होता तो भला क्यों तुझे न बताया होता? मैं स्वयं ही उत्तर नहीं जानता।"

स ह गौतमो राज्ञोऽर्धमेयाय तस्मै ह प्राप्तायार्हांचकार स ह प्रातः सभाग उदेयाय तꣳ होवाच मानुषस्य भगवन्गौतम वित्तस्य वरं वृणीथा इति स होवाच तवैव राजन्मानुषं वित्तं यामेव कुमारस्यान्ते वाचमभाषथास्तामेव मे ब्रूहीति। स ह कृच्छ्रीबभूव ॥6॥

इसके बाद, गौतमगोत्रीय आरुणि ऋषि प्रवाहण राजा के पास गए। राजा ने उनकी आदरपूर्वक पूजा की। दूसरे दिन प्रातःकाल में ऋषि राजा की सभा में गए। तब राजा ने उनसे कहा—"मनुष्य सम्बन्धी धनधान्यादि जो कुछ भी चाहिए, सो माँग लीजिए।" तब ऋषि ने कहा—"हे राजन्! धनधान्यादि मनुष्य सम्बन्धी सब कुछ आपके पास ही रहने दीजिए। जो प्रश्न आपने मेरे पुत्र से पूछे थे, उन्हीं के सम्बन्ध में मुझे कहिए।" तब राजा (सोच में पड़ गया कि यह विद्या इस ब्राह्मण को कैसे दी जाए? इसलिए) दुःखी हो गया।

तꣳ ह चिरं वसेत्याज्ञापयांचकार तꣳ होवाच यथा मा त्वं गौतमावदो यथेयं न प्राक् त्वत्तः पुरा विद्या ब्राह्मणान्गच्छति तस्मादु सर्वेषु लोकेषु क्षत्रस्यैव प्रशासनमभूदिति तस्मै होवाच ॥7॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

प्रवाहण ने ऋषि को आज्ञा की कि "यहाँ लम्बे समय तक रहिए।" और आगे कहा कि—"पूर्व काल में आपसे पहले यह अग्निविद्या ब्राह्मणों में नहीं गई है। इसीलिए सभी लोकों में क्षत्रियों का ही प्रशासन चल रहा था"। ऐसा कहकर वे गौतम को इस विद्या का उपदेश देने लगे।

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

असौ वाव लोको गौतमाग्निस्तस्यादित्य एव समिद्रश्मयो धूमोऽहरर्चिश्चन्द्रमा अङ्गारा नक्षत्राणि विस्फुलिङ्गा ॥1॥

हे गौतम! यह प्रसिद्ध द्युलोक ही अग्नि है, आदित्य ही उसकी समिध है, किरणें धुआँ हैं, दिन ही ज्वाला है, चन्द्रमा अंगारे हैं और नक्षत्र चिनगारियाँ हैं।

तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः श्रद्धां जुह्वति तस्या आहुतेः सोमो राजा संभवति ॥2॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

उस द्युलोक नामक अग्नि में देवलोग श्रद्धा का हवन करते हैं। उस आहुति से सोम राजा उत्पन्न होते हैं।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

पर्जन्यो वाव गौतमाग्निस्तस्य वायुरेव समिदभ्रं धूमो विद्युदर्चिरशनिरङ्गारा ह्रादनयो विस्फुलिङ्गाः ॥1॥

पर्जन्य (वर्षा के देव) ही अग्नि हैं, हे गौतम! उसका समित् वायु है, बादल धुआँ है, विद्युत् उसकी ज्वाला है, इन्द्र का वज्र अंगारे हैं और मेघ की गड़गड़ाहट ही चिनगारियाँ हैं।

तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः सोमꣳ राजानं जुह्वति तस्या आहुतेर्वर्षꣳ सम्भवति ॥2॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

उस अग्नि में देवगण राजा सोम के निमित्त हवन करते हैं। उस आहुति से वर्षा उत्पन्न होती है।

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

पृथिवी वाव गौतमाग्निस्तस्याः संवत्सर एव समिदाकाशो धूमो रात्रिरर्चिर्दिशोऽङ्गारा अवान्तरदिशो विस्फुलिङ्गाः ॥1॥

हे गौतम! पृथ्वी ही अग्नि है, संवत्सर उसका समित् है, आकाश धुआँ है, रात्रि ज्वालाएँ हैं, दिशाएँ अंगारे हैं और अग्नि आदि अवान्तर दिशाएँ चिनगारियाँ हैं।

तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा वर्षं जुह्वति तस्या आहुतेरन्नꣳ संभवति ॥2॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

उस अग्नि में देवलोग वर्षा के निमित्त हवन करते हैं। इस आहुति से अन्न उत्पन्न होता है।

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

पुरुषो वाव गौतमाग्निस्तस्य वागेव समित्प्राणो धूमो जिह्वार्चिश्चक्षुरङ्गाराः श्रोत्रं विस्फुलिङ्गाः ॥1॥

हे गौतम! पुरुष ही अग्नि है, उसकी वाणी ही समित् है, प्राण धुआँ है, जिह्वा ज्वालाएँ हैं, चक्षु अंगारे हैं और श्रोत्र चिनगारियाँ हैं।

तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा अन्नं जुह्वति तस्या आहुते रेतः संभवति ॥2॥

इति सप्तम खण्डः ॥

उस अग्नि में देवलोग अन्न के निमित्त हवन करते हैं, उस आहुति से वीर्य उत्पन्न होता है।

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

योषा वाव गौतमाग्निस्तस्या उपस्थ एव समिद्यदुपमन्त्रयते स धूमो योनिरर्चिर्यदन्तः करोति तेऽङ्गारा अभिनन्दा विस्फुलिङ्गाः ॥1॥

हे गौतम! स्त्री अग्नि है, उपस्थ (जननेन्द्रिय) उसका समित् है, पुरुष जो उसका उपमंत्रण करता है (उसको प्रेरणा देता है) वह धूम है, योनि ज्वालाएँ हैं, स्त्री-पुरुष का सम्मिलन ही अंगारे हैं और उससे जो आनन्दानुभूति है वह चिनगारियाँ हैं।

तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा रेतो जुह्वति तस्या आहुतेर्गर्भः संभवति ॥2॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

उस अग्नि में देवलोग वीर्य के निमित्त हवन करते हैं, उस आहुति से गर्भ उत्पन्न होता है।

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

इति तु पञ्चम्यामाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्तीति स उल्बावृतो गर्भो दश वा नव वा मासानन्तः शयित्वा यावद्वाथ जायते ॥1॥

इस प्रकार पाँचवीं आहुति देने के बाद जल पुरुषशब्दवाची बन जाता है। उल्ब से (जरायु से) ढँका हुआ वह गर्भ नव या दस मास तक माता की कोख में शयन करने के बाद उत्पन्न होता है।

स जातो यावदायुषं जीवति तं प्रेतं दिष्टमितोऽग्नय एव हरन्ति यत एवेतो यतः संभूतो भवति ॥2॥

इति नवमः खण्डः ॥

जन्म के बाद जितनी आयुष्य है, उतना जीता है और मरने के बाद उसे अग्निदाह देने के लिए (उसके पुत्रादि) ले जाते हैं। इस प्रकार अन्त में जहाँ से आया था, वहीं चला जाता है।

(यहाँ नवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

तद्य इत्थं विदुः। ये चेमेऽरण्ये श्रद्धा तप इत्युपासते तेऽर्चिषमभिसंभवन्त्यर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाणपक्षमापूर्यमाणपक्षाद्यान्षडुदङ्डेति मासाꣳस्तान् ॥1॥

जो मनुष्य इस पंचाग्नि विद्या को जानते हैं, वे वन में रहकर श्रद्धा और तप का सेवन करते हुए उपासना करते हैं, वे पूर्वकथित सूर्यकिरणों के अधिष्ठाता देव को प्राप्त करते हैं। वहाँ से

दिवसाधिष्ठाता देव को, दिवसाधिष्ठाता देव से शुक्ल पक्ष को, शुक्ल पक्ष से उत्तरायण के छः मासों को प्राप्त करता है।

मासेभ्यः संवत्सरꣳ संवत्सरादादित्यमादित्याच्चन्द्रमसं चन्द्रमसो विद्युतं तत्पुरुषोऽमानवः स एनान्ब्रह्म गमयत्येष देवयानः पन्था इति ॥2॥

वह मासों से संवत्सर को, संवत्सर से आदित्य को, आदित्य से चन्द्रमा को, चन्द्रमा से विद्युत् को प्राप्त होता है। वहाँ ब्रह्मलोक में अमानव दिव्य पुरुष आकर उसे ब्रह्मलोक में ले जाता है। यह देवयान (देवलोक) का मार्ग है।

अथ य इमे ग्राम इष्टापूर्ते दत्तमित्युपासते ते धूममभिसंभवन्ति धूमाद्रात्रिं रात्रेरपरपक्षमपरपक्षाद्यान्ष्ड्दक्षिणैति मासाꣳस्तान्नैते संवत्सरमभिप्राप्नुवन्ति ॥3॥

अब जो गृहस्थ मनुष्य गाँव में ही रहकर यज्ञयागादि क्रियाएँ तथा कूपतडागादि जनहित के कार्य करते हैं, या दान देते हैं, वे धूम्राभिमानी देवता को प्राप्त कर वहाँ से रात्रि को, रात्रि से कृष्णपक्ष को, कृष्णपक्ष से दक्षिणायन के देव को प्राप्त करते हैं, पर वहाँ से वे लोग संवत्सर को नहीं प्राप्त कर सकते।

मासेभ्यः पितृलोकं पितृलोकादाकाशमाकाशाच्चन्द्रमसमेष सोमो राजा तद्देवानामन्नं तं देवा भक्षयन्ति ॥4॥

दक्षिणायन के मासों से वे पितृलोक में जाते हैं, पितृलोक से आकाश में, आकाश से वे लोग चन्द्रलोक को जाते हैं। यह चन्द्रमा ही राजा सोम है। वह सभी देवों का अन्न है, देवलोग उसका भक्षण करते हैं।

तस्मिन्यावत्संपातमुषित्वाथैतमेवाध्वानं पुनर्निवर्तन्ते यथेतमाकाशमाकाशाद्वायुं वायुर्भूत्वा धूमो भवति धूमो भूत्वाभ्रं भवति ॥5॥

उस चन्द्रमण्डल में कर्मों के क्षय होने तक रहकर वे फिर से उसी मार्ग से (जिस मार्ग से गए थे) पुनः आ जाते हैं। वे पहले आकाश को प्राप्त होते है, आकाश से वायु को, तदुपरान्त वायुभूत होकर वे धूम होते हैं और धूम होकर ही बादल हो जाते है।

अभ्रं भूत्वा मेघो भवति मेघो भूत्वा प्रवर्षति त इह व्रीहियवा ओषधिवनस्पतयस्तिलमाषा इति जायन्तेऽतो वै खलु दुर्निष्प्रपतरं यो यो ह्यन्नमत्ति यो रेतः सिञ्चति तद्भूय एव भवति ॥6॥

बादल होकर मेघ होता है, मेघ होकर बरसता है, उससे चावल, जव, औषधियाँ, वनस्पति, तिल, उड़द बनकर पृथ्वी में उगते हैं। ये अपने स्थान से स्वयं कहीं नहीं जा सकते। उन्हें जो-जो मनुष्य खाता है और बाद में वीर्यसिञ्चन (स्त्रीसंभोग) करता है, तब उसके जैसे ही होकर वे जन्म लेते हैं।

तद्य इह रमणीयचरणा अभ्याशो ह यत्ते रमणीयां योनिमापद्येरन्ब्राह्मणयोनिं वा क्षत्रियोनिं वा वैश्ययोनिं वाथ य इह कपूयचरणा अभ्याशो ह यत्ते कपूयां योनिमापद्येरन् श्वयोनिं वा सूकरयोनिं वा चाण्डालयोनिं वा ॥7॥

अनुशयी जीवों में जो इस लोक में शुभ आचरणवाले होते हैं, वे शीघ्र ही उत्तम योनि को अर्थात् ब्राह्मणयोनि, क्षत्रिययोनि या वैश्ययोनि को प्राप्त होते हैं। पर जो दुराचरणवाले होते हैं, वे शीघ्र ही निकृष्ट योनियों अर्थात् कुत्ते की, सूअर की या चाण्डाल की योनि को प्राप्त होते हैं।

अथैतयोः पथोर्न कतरेण च न तानीमानि क्षुद्राण्यसकृदावर्तीनि भूतानि भवन्ति जायस्व म्रियस्वेत्येतत्तृतीयꣳ स्थानं तेनासौ लोको न संपूर्यते तस्माज्जगुप्सेत तदेष श्लोकः ॥8॥

जो उपर्युक्त दो मार्गों में से किसी भी मार्ग में नहीं जा सकते, वे तो क्षुद्र—बार-बार मरने वाले और बार-बार जन्मने वाले (मच्छर, जू आदि) जन्तु के रूप में आया-जाया करते हैं। जीवन-धारण और मृत्यु ही उनका तृतीय स्थान कहा गया है। इसीलिए तो परलोक पूरा नहीं भर पाता। इसीलिए संसार से घृणा ही करनी चाहिए। इस विषय में यह श्लोक है—

स्तेनो हिरण्यस्य सुरां पिबꣳश्च गुरोस्तल्पमावसन्ब्रह्महा चैते पतन्ति चत्वारः पञ्चमश्चाचरꣳस्तैरिति ॥9॥

सोना चुरानेवाला, शराब पीनेवाला, गुरु की स्त्री के साथ निषिद्ध सम्बन्ध रखनेवाला और ब्राह्मण की हत्या करनेवाला—ये चार और पाँचवाँ उनके साथ सम्बन्ध रखनेवाला महापापी है।

अथ ह य एतानेवं पञ्चाग्नीन्वेद न स ह तैरप्याचरन्पाप्मना लिप्यते शुद्धः पूतः पुण्यलोको भवति य एवं वेद य एवं वेद ॥10॥

इति दशमः खण्डः ॥

इस प्रकार कही गई इस पंचाग्निविद्या जाननेवालों का कोई भी मनुष्य संग करे, तो भी उसे पाप नहीं लगता। ऐसा समझदार मनुष्य पवित्र और पुण्यशाली लोक को प्राप्त करता है।

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

प्राचीनशाल औपमन्यवः सत्ययज्ञः पौलुषिरिन्द्रद्युम्नो भाल्लवेयो जनः शार्कराक्ष्यो बुडिल आश्वतराश्विस्ते हैते महाशाला महाश्रोत्रियाः समेत्य मीमाꣳसां चक्रुः को नु आत्मा किं ब्रह्मेति ॥1॥

उपमन्युपुत्र प्राचीनशाल, पुलुषपुत्र सत्ययज्ञ, भल्लवि का पौत्र इन्द्रद्युम्न, शर्कराक्षपुत्र जन, अश्वतराश्वपुत्र गुडिल—इन सब बड़े गृहस्थों और सदाचारसम्पन्न महापंडितों ने एक बार मिलकर विचार किया कि—"आत्मा क्या है और ब्रह्म क्या है?"

ते ह संपादयांचक्रुरुद्दालको वै भगवन्तोऽयमारुणिः संप्रतीममात्मानं वैश्वानरमध्येति तꣳ हन्ताभ्यागच्छामेति तꣳ हाभ्याजग्मुः ॥2॥

अन्त में उन्होंने निश्चय किया कि—"वर्तमान में तो अरुण ऋषि के पुत्र उद्दालक इस वैश्वानर आत्मा को भलीभाँति समझते हैं। तो हम उन्हीं के पास जाएँ।" बाद में वे उद्दालक के पास गये।

स ह संपादयांचकार प्रक्ष्यन्ति मामिमे महाशाला महाश्रोत्रियास्तेभ्यो न सर्वमिव प्रतिपत्स्ये हन्ताहमन्यमभ्यनुशासानीति ॥3॥

वे (उद्दालक) समझ गए कि ये परमश्रोत्रिय महान् गृहस्थ मुझे पूछेंगे, पर मैं पूर्ण रूप से तो बता नहीं पाऊँगा। मैं उन्हें अन्य के पास उपदेश के लिए भेजूँ।

तान्होवाचाश्वपतिर्वै भगवन्तोऽयं कैकयः संप्रतीममात्मानं वैश्वानर-मध्येति तꣳ हन्ताभ्यागच्छामेति तꣳ हाभ्याजगमुः ॥4॥

उद्दालक ने उनसे कहा कि—"हे सम्माननीय महानुभावो ! वर्तमान में तो केकयकुमार अश्वपति ही वैश्वानर आत्मा को अच्छी तरह से समझते हैं। अतः हम सब उन्हीं के पास जाएँ।" बाद में वे सब अश्वपति के पास गए।

तेभ्यो ह प्राप्तेभ्यः पृथगर्हाणि कारयांचकार स ह प्रातः संजिहान उवाच न मे स्तेनो जनपदे न कदर्यो न मद्यपो नानाहुताग्निर्नाविद्वान्न स्वैरी स्वैरिणी कुतो यक्ष्यमाणो वै भगवन्तोऽहमस्मि यावदेकैकस्मा ऋत्विजे धनं दास्यामि तावद्भगवद्भ्यो दास्यामि वसन्तु भगवन्त इति ॥5॥

उस अश्वपति ने अपने पास आए हुए उन श्रेष्ठ ऋषियों की अलग-अलग पूजा की (सत्कार किया)। दूसरे दिन वह राजा निद्रा का त्याग करके (आकर) बोला—"मेरे राज्य में चोर नहीं हैं, कोई लोभी (कृपण) नहीं है, कोई मद्य पीनेवाला नहीं है, कोई यज्ञ न करनेवाला नहीं है, कोई मूर्ख नहीं है, कोई परस्त्रीगामी नहीं है, तो फिर दुराचारिणी स्त्री हो ही कैसे सकती है ? हे महानुभावो ! मैं कुछ समय बाद यज्ञ करनेवाला हूँ। एक-एक ऋत्विज को मैं जितना धन दूँगा, उतना ही धन आप सभी को भी दूँगा। आप कृपा करके यहीं रह जाइए"।

ते होचुर्येन हैवार्थेन पुरुषश्चरेत्तꣳहैव वदेदात्मानमेवेमं वैश्वानरꣳ संप्रत्य-ध्येषि तमेव नो ब्रूहीति ॥6॥

वे ऋषि बोले—"कोई भी पुरुष जिस हेतु से जहाँ जाता है, उसे उसी हेतु को कहना चाहिए। आप वैश्वानर आत्मा को जानते हैं। इस समय उसी को आप हमारे लिए कहिए।"

तान्होवाच प्रातर्वः प्रतिवक्तास्मीति ते ह समित्पाणयः पूर्वाह्णे प्रतिचक्र-मिरे तान्हानुपनीयैवैतदुवाच ॥7॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

उस अश्वपति ने उनसे कहा—"सुबह में आपको इसका उत्तर दूँगा।" अत एव दूसरे दिन हाथ में समिधा लेकर वे राजा के पास गए। उनका उपनयन किए बिना राजा ने पूछा—

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

औपमन्यव कं त्वमात्मानमुपास्स इति दिवमेव भगवो राजन्निति होवाचैष वै सुतेजा आत्मा वैश्वानरो यं त्वमात्मानमुपास्से तस्मात्तव सुतं प्रसुतमासुतं कुले दृश्यते ॥1॥

"हे उपमन्युपुत्र ! तुम किसे आत्मा समझकर पूजते हो ?" प्राचीनशाल ने कहा—"भगवन् ! हे राजन् ! मैं तो स्वर्ग को ही आत्मा समझता हूँ।" राजा ने कहा—"तुम जिसे आत्मा समझते हो,

और पूजते हो, वह 'सुतेजा' नामक प्रसिद्ध वैश्वानर आत्मा है। इसकी उपासना से तुम्हारे कुल में सुत, प्रसुत और आसुत (तीनों प्रकार से निकाला गया सोमरस) पुष्कल प्रमाण में मिलता है।

अत्स्यन्नं पश्यसि प्रियमत्त्यन्नं पश्यति प्रियं भवत्यस्य ब्रह्मवर्चसं कुले य एतमेवमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते मूर्धा त्वेष आत्मन इति होवाच मूर्धा ते व्यपतिष्यद्यन्मां नागमिष्य इति ॥2॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

"तुम अन्न खाते हो, और (पुत्र-पौत्रादि) अपने इष्ट (प्रिय) को देखते हो। और इस प्रकार जो भी इस वैश्वानर आत्मा की उपासना करता है वह अन्न खाता है और इष्ट देखता है, उसके कुल में ब्रह्मतेज होता है। तुम जिसकी उपासना करते हो वह तो वैश्वानर आत्मा का मस्तक है"। ऐसा कहकर राजा फिर बोला—"यदि तुम यहाँ नहीं आते, तो तुम्हारा मस्तक गिर पड़ता"।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

अथ होवाच सत्ययज्ञं पौलुषिं प्राचीनयोग्य कं त्वमात्मानमुपास्स इत्यादित्यमेव भगवो राजन्निति होवाचैष वै विश्वरूप आत्मा वैश्वानरो यं त्वमात्मानमुपास्से तस्मात्तव बहु विश्वरूपं कुले दृश्यते ॥1॥

बाद में पुलुषपुत्र सत्ययज्ञ से राजा ने कहा—"हे प्राचीनयोग्य ! तुम किस आत्मा की उपासना करते हो ?" सत्ययज्ञ बोला—"हे भगवन् ! हे राजन् ! मैं आदित्य को आत्मा मानकर उसकी उपासना करता हूँ।" राजा बोला—"यही विश्वरूप वैश्वानर आत्मा है। इसीलिए तुम्हारे कुल में बहुत विश्वरूप साधन (धनधान्यादि) दिखाई पड़ते हैं।

प्रवृतोऽश्वतरीरथो दासीनिष्कोऽत्स्यन्नं पश्यसि प्रियमत्त्यन्नं पश्यति प्रियं भवत्यस्य ब्रह्मवर्चसं कुले य एतमेवमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते चक्षुष्ट्वेत-दात्मन इति होवाचान्धोऽभविष्यो यन्मां नागमिष्य इति ॥2॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

तुम्हारे पास दो टट्टुओं से जुता हुआ रथ और दासी के साथ हार (धन) है, तुम नीरोगी हो, सुख भोगते हो, जो इस आत्मा की उपासना करता है, वह निरोगी होता है, सुख भोगता है। उसके कुल में ब्रह्मतेज स्थिर होता है। जिस आदित्य की आत्मा समझकर तुम उपासना करते हो, वह आदित्य तो उस वैश्वानर आत्मा की केवल आँख ही है। यदि तुम मेरे पास नहीं आए होते तो तुम अन्धे ही बन गए होते"।

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

अथ होवाचेन्द्रद्युम्नं भाल्लवेयं वैयाघ्रपद्य कं त्वमात्मानमुपास्स इति वायुमेव भगवो राजन्निति होवाचैष वै पृथग्वर्त्मात्मा वैश्वानरो यं

त्वमात्मानमुपास्से तस्मात्त्वां पृथग्बलय आयन्ति पृथग्रथश्रेणयोऽनुयन्ति ॥1॥

बाद में राजा ने भाल्लवेय इन्द्रद्युम्न से कहा—"तुम किस आत्मा की उपासना करते हो ?" इन्द्रद्युम्न बोला—"हे भगवन् ! हे राजन् ! मैं वायु को ही आत्मरूप से उपासना करता हूँ।" राजा ने कहा—"वही 'पृथग्वर्त्मा' नामक वैश्वानर आत्मा है। इसीलिए तुम्हारे पास तरह-तरह के उपहार आते हैं, और तुम्हारे पीछे तरह-तरह के रथों का हार है।

अत्यन्नं पश्यसि प्रियमत्त्यन्नं पश्यति प्रियं भवत्यस्य ब्रह्मवर्चसं कुले य एतमेवमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते प्राणस्त्वेष आत्मन इति होवाच प्राणस्त उदक्रमिष्यद्यन्मां नागमिष्य इति ॥2॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

"तुम अन्न खाते हो, (पुत्र-पौत्रादि) अपने प्रिय को देखते हो। जो कोई इस तरह वैश्वानर आत्मा की उपासना करता है, वह अन्न खाता है, इष्ट देखता है, उसके कुल में ब्रह्मतेज होता है। परन्तु, यह तो आत्मा का प्राणमात्र है"। ऐसा कहकर राजा फिर बोला—"अगर तुम मेरे पास नहीं आए होते तो तुम्हारे प्राण निकल जाते"।

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशः खण्डः

अथ होवाच जनः शार्कराक्ष्य कं त्वमात्मानमुपास्स इत्याकाशमेव भगवो राजन्निति होवाचैष वै बहुल आत्मा वैश्वानरो यं त्वमात्मानमुपास्से तस्मात्त्वं बहुलोऽसि प्रजया च धनेन च ॥1॥

बाद में राजा ने जन से पूछा—"हे शार्कराक्ष्य ! तुम किस आत्मा की उपासना करते हो ?" जन ने कहा—"हे भगवन् ! हे राजन् ! मैं आकाश को आत्मा मानकर उपासना करता हूँ।" तब राजा ने कहा—"तुम जिसकी आत्मा मानकर उपासना करते हो, वह 'बहुल' नामका वैश्वानर आत्मा है। इसीलिए तुम प्रजा और धन के बाहुल्यवाले हो।

अत्यन्नं पश्यसि प्रियमत्त्यन्नं पश्यति प्रियं भवत्यस्य ब्रह्मवर्चसं कुले य एतमेवमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते संदेहस्त्वेष आत्मन इति होवाच संदेहस्ते व्यशीर्यद्यन्मां नागमिष्य इति ॥2॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

"तुम अन्न खाते हो, (पुत्र-पौत्रादि) अपने प्रिय को देखते हो। जो इस प्रकार वैश्वानर आत्मा की उपासना करता है, वह अन्न खाता है, प्रिय देखता है, उसके कुल में ब्रह्मतेज होता है। परन्तु, यह तो आत्मा का मध्यभाग ही है"। ऐसा कहकर राजा फिर बोला—"यदि तुम मेरे पास नहीं आए होते तो तुम्हारे शरीर का मध्यभाग नष्ट हो जाता।

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षोडशः खण्डः

अथ होवाच बुडिलमाश्वतराश्विं वैयाघ्रपद्य कं त्वमात्मानमुपास्स इत्यप एव भगवो राजन्निति होवाचैष वै रयिरात्मा वैश्वानरो यं त्वमात्मानमुपास्से तस्मात्त्वꣳ रयिमान्पुष्टिमानसि ॥1॥

बाद में राजा ने अश्वतराश्व के पुत्र बुडिल से पूछा—"तुम किस आत्मा की उपासना करते हो ?" कुडिल ने कहा—"हे भगवन् ! हे राजन्। मैं जल को आत्मा मानकर उसकी उपासना करता हूँ।" तब राजा ने कहा—"यही 'दधि' नामवाला वैश्वानर आत्मा है। उसकी तुम उपासना करते हो। इसीलिए तुम धनवान और पुष्टिमान हो।"

अत्यन्नं पश्यसि प्रियमत्त्यन्नं पश्यति प्रियं भवत्यस्य ब्रह्मवर्चसं कुले य एतमेवमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते बस्तिस्त्वेष आत्मन इति होवाच बस्तिस्ते व्यभेत्स्यद्यन्मां नागमिष्य इति ॥2॥

इति षोडशः खण्डः ॥

"तुम अन्न खाते हो, प्रिय देखते हो। जो ऐसे इस वैश्वानर आत्मा की उपासना करता है वह अन्न खाता है, प्रिय देखता है उसके कुल में ब्रह्मवर्चस् होता है, परन्तु यह तो आत्मा की बस्ति (मूत्राशय) ही है"। ऐसा कहकर राजा फिर बोला—"तुम यदि मेरे पास नहीं आते तो तुम्हारी बस्ति नष्ट हो जाती"।

(यहाँ सोलहवाँ खण्ड समाप्त हुआ।)

❋

सप्तदशः खण्डः

अथ होवाचोद्दालकमारुणिं गौतम कं त्वमात्मानमुपास्स इति पृथिवीमेव भगवो राजन्निति होवाचैष वै प्रतिष्ठात्मा वैश्वानरो यं त्वमात्मानमुपास्से तस्मात्त्वं प्रतिष्ठितोऽसि प्रजया च पशुभिश्च ॥1॥

फिर राजा ने गौतमवंशीय अरुणपुत्र उद्दालक से पूछा—"हे गौतम ! तुम किसे आत्मा मानकर उपासना करते हो ?" आरुणि बोला—"हे भगवन् ! हे राजन् ! मैं पृथ्वी को आत्मा मानकर उपासना करता हूँ।" राजा बोला—"वह 'प्रतिष्ठा' नामक वैश्वानर आत्मा है, इसलिए तुम प्रजा और पशुओं से प्रतिष्ठित (अच्छी स्थितिवाले) हो"।

अत्यन्नं पश्यसि प्रियमत्त्यन्नं पश्यति प्रियं भवत्यस्य ब्रह्मवर्चसं कुले य एतमेवमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते पादौ त्वेतावात्मन इति होवाच पादौ ते व्यम्लास्येतां यन्मां नागमिष्य इति ॥2॥

इति सप्तदशः खण्डः ॥

"तुम अन्न खाते हो, प्रिय देखते हो। जो इस आत्मा की इस प्रकार उपासना करता है, वह अन्न खाता है, प्रिय देखता है। परन्तु यह तो आत्मा के मात्र पैर ही हैं।" ऐसा कहकर राजा फिर से बोला—"यदि तुम यहाँ नहीं आते तो तुम्हारे पैर ढीले पड़ जाते।

(यहाँ सत्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टादशः खण्डः

तान्होवाचैते वै खलु सूयं पृथगिवेममात्मानं वैश्वानरं विद्वाꣳसोऽन्नमत्थ यस्त्वेतमेवं प्रादेशमात्रमभिविमानमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते स सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु भूतेषु सर्वेष्वात्मस्वन्नमत्ति ॥1॥

बाद में राजा ने उन सभी से कहा—"तुम सभी आत्मा को भिन्न-भिन्न समझकर अन्न (सुख) भोगते हो। पर जो कोई इसको आकाशरूप मस्तक से लेकर पृथ्वीरूप चरण तक में कि—"यह सब मैं ही हूँ" इस प्रकार वैश्वानर आत्मा की उपासना करता है, वह सब प्राणियों, लोकों, इन्द्रियों, शरीरों आदि में सुख भोगता है"।

तस्य ह वा एतस्यात्मनो वैश्वानरस्य मूर्धैव सुतेजाश्चक्षुर्विश्वरूपः प्राणः पृथग्वर्त्मात्मा संदेहो बहुलो बस्तिरेव रयिः पृथिव्येव पादावुर एव वेदिर्लोमानि बर्हिर्हृदयं गार्हपत्यो मनोऽन्वाहार्यपचन आस्यमाहवनीयः ॥2॥

इत्यष्टादशः खण्डः ॥

"इस विराट् पुरुष का स्वर्ग ही सर है, आँखें ही सूर्य हैं, वायु ही प्राण हैं, आकाश ही उदर है, जल ही बस्ति है (मूत्राशय है), पृथ्वी चरण है, वेदि ही वक्षःस्थल है, दर्भ ही लोम हैं, हृदय गार्हपत्य अग्नि है, मन दक्षिणाग्नि है, और मुख आहवनीय अग्नि है।

(यहाँ अठारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकोनविंशः खण्डः

तद्यद्धक्तं प्रथममागच्छेत्तद्धोमीयꣳसं यां प्रथमामाहुतिं जुहुयात्तां जुहुयात्प्राणाय स्वाहेति प्राणस्तृप्यति ॥1॥

अतः जो अन्न पहले आए, उसमें से पहला ग्रास 'प्राणाय स्वाहा'—ऐसा बोलकर पहली आहुति देनी चाहिए (ग्रास भरना चाहिए)। उससे प्राण तृप्त होते हैं।

प्राणे तृप्यति चक्षुस्तृप्यति चक्षुषि तृप्यत्यादित्यस्तृप्यत्यादित्ये तृप्यति द्यौस्तृप्यति दिवि तृप्यन्त्यां यत्किंच द्यौश्चादित्यश्चाधितिष्ठतस्तत्तृप्यति तस्यानुतृप्तिं तृप्यति प्रजया पशुभिरन्नाद्येन तेजसा ब्रह्मवर्चसेनेति ॥2॥

इत्येकोनविंशः खण्डः ॥

प्राण तृप्त होने से आँख तृप्त होती है, आँख तृप्त होने पर आदित्य तृप्त होता है, आदित्य के तृप्त होने पर स्वर्ग तृप्त होता है, स्वर्ग के तृप्त होने पर जिस पर स्वर्ग और आदित्य का स्वामित्व है, वह सब तृप्त हो जाता है। सबकी तृप्ति होने से वह अन्नभोक्ता पशुओं से, प्रजा से, अन्न से और ब्रह्मतेज से तृप्त ही जाता है।

(यहाँ उन्नीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

विंशः खण्डः

अथ यां द्वितीयां जुहुयात्तां जुहुयाद् व्यानाय स्वाहेति व्यानस्तृप्यति ॥1॥

उसके बाद दूसरी आहुति —'व्यानाय स्वाहा' कहकर देनी चाहिए। इससे व्यान तृप्त होता है।

व्याने तृप्यति श्रोत्रं तृप्यति श्रोत्रे तृप्यति चन्द्रमास्तृप्यति चन्द्रमसि तृप्यति दिशस्तृप्यन्ति दिक्षु तृप्यन्तीषु यत्किंच दिशश्च चन्द्रमाश्चाधितिष्ठन्ति तत्तृप्यति तस्यानुतृप्तिं तृप्यति प्रजया पशुभिरन्नाद्येन तेजसा ब्रह्मवर्चसेनेति ॥2॥

इति विंशः खण्डः ॥

व्यान तृप्त होने से श्रोत्र तृप्त होता है, श्रोत्र तृप्त होने से चन्द्रमा तृप्त होता है, चन्द्रमा के तृप्त होने से दिशाएँ तृप्त होती हैं, दिशाएँ तृप्त होने पर जो कुछ भी दिशाओं और चन्द्रमा के स्वामित्व में है, वह सब कुछ तृप्त हो जाता है। सबकी तृप्ति होने से वह अन्नभोक्ता पशुओं से, प्रजा से, अन्न से और ब्रह्मतेज से तृप्त हो जाता है।

(यहाँ बीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकविंशः खण्डः

अथ यां तृतीयां जुहुयात्तां जुहुयादपानाय स्वाहेत्यपानस्तृप्यति ॥1॥

अब जो तीसरी आहुति देनी है, वह 'अपानाय स्वाहा'—यह कहकर देनी चाहिए। इससे अपान तृप्त होता है।

अपाने तृप्यति वाक्तृप्यति वाचि तृप्यन्त्यामग्निस्तृप्यत्यग्नौ तृप्यति पृथिवी तृप्यति पृथिव्यां तृप्यन्त्यां यत्किंच पृथिवीं चाग्निश्चाधितिष्ठतस्तत्तृप्यति तस्यानुतृप्तिं तृप्यति प्रजया पशुभिरन्नाद्येन तेजसा ब्रह्मवर्चसेनेति ॥2॥

इत्येकविंशः खण्डः ॥

अपान के तृप्त होने से वाणी तृप्त होती है, वाणी के तृप्त होने से अग्नि तृप्त होता है, अग्नि के तृप्त होने से पृथ्वी तृप्त होती है, पृथ्वी के तृप्त होने पर जो कुछ भी पृथ्वी और अग्नि के आधिपत्य में है, वह सब तृप्त हो जाता है। ऐसा होने से वह अन्नभोक्ता प्रजा और पशुओं से, अन्न आदि से, तृप्त हो जाता है, वह ब्रह्मतेज से युक्त होता है।

(यहाँ इक्कीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वाविंशः खण्डः

अथ यां चतुर्थीं जुहुयात्तां जुहुयात्समानाय स्वाहेति समानस्तृप्यति ॥1॥

बाद में 'समानाय स्वाहा'—यह बोलकर चौथी आहुति देनी चाहिए (ग्रास भरना चाहिए)। इससे समान तृप्त होता है।

समाने तृप्यति मनस्तृप्यति मनसि तृप्यति पर्जन्यस्तृप्यति पर्जन्ये तृप्यति विद्युत्तृप्यति विद्युति तृप्यन्त्यां यत्किंच विद्युच्च पर्जन्यश्चाधितिष्ठस्त-

तृप्यति तस्यानुतृप्तिं तृप्यति प्रजया पशुभिरन्नाद्येन तेजसा ब्रह्मवर्च-सेनेति ॥2॥

इति द्वाविंशः खण्डः ॥

समान के तृप्त होने से मन तृप्त होता है, मन के तृप्त होने से पर्जन्य तृप्त होता है, पर्जन्य के तृप्त होने से विद्युत् तृप्त होती है, विद्युत् के तृप्त होने से जो कुछ भी विद्युत् और पर्जन्य के आधिपत्य में है, वह तृप्त हो जाता है। ऐसा होने से वह अन्न भोक्ता प्रजा, पशुओं और अन्नादि से तृप्त हो जाता है, ब्रह्मतेज से युक्त होता है।

(यहाँ बाईसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोविंशः खण्डः

अथ यां पञ्चमीं जुहुयात्तां जुहुयादुदानाय स्वाहेत्युदानस्तृप्यति ॥1॥

बाद में 'उदानाय स्वाहा'—यह बोलकर पाँचवीं (ग्रास रूप) आहुति देनी चाहिए। इससे उदान तृप्त होता है।

उदाने तृप्यति त्वक् तृप्यति त्वचि तृप्यन्त्यां वायुस्तृप्यति वायौ तृप्यत्या-काशस्तृप्यत्याकाशे तृप्यति यत्किंच वायुश्चाकाशश्चाधितिष्ठतस्तत्तृप्यति तस्यानुतृप्तिं तृप्यति प्रजया पशुभिरन्नाद्येन तेजसा ब्रह्मवर्चसेनेति ॥2॥

इति त्रयोविंशः खण्डः ॥

उदान तृप्त होने से त्वचा तृप्त होती है, त्वचा तृप्त होने से वायु तृप्त होता है, वायु तृप्त होने से आकाश तृप्त होता है, आकाश तृप्त होने से आकाश और वायु के प्रभुत्व वाला जो कुछ है, तृप्त होता है। ऐसा होने से वह अन्नभोक्ता प्रजा, पशुओं और अन्नादि से तृप्त होता है, ब्रह्मतेज से युक्त होता है।

(यहाँ तेईसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्विंशः खण्डः

स य इदमविद्वानग्निहोत्रं जुहोति यथाङ्गारानपोह्य भस्मनि जुहुयात्तादृक् तत्स्यात् ॥1॥

जो मनुष्य इस वैश्वानरदर्शन को बिना जाने ही होम करता है, उसका वह अग्निहोत्र तो जैसे अंगारों को दूर करके भस्म में आहुति देता हो, ऐसा ही होता है।

अथ य एतदेवं विद्वानग्निहोत्रं जुहोति तस्य सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु भूतेषु सर्वेष्वात्मसु हुतं भवति ॥2॥

जो यह सब समझकर अग्निहोत्र करता है, वह सभी लोकों के लिए, सभी प्राणियों के लिए और सभी आत्माओं के लिए होम करता है।

तद्यथेषीकातूलमग्नौ प्रोतं प्रदूयेतैवꣳहास्य सर्वे पाप्मानः प्रदूयन्ते य एतदेवं विद्वानग्निहोत्रं जुहोति ॥3॥

जैसे मुंज की सलाई का अग्रभाग अग्नि में डालने से तुरन्त जल जाता है, वैसे ही इसे जाननेवाला कोई मनुष्य यदि अग्निहोत्र करे, तो उसके सभी पाप जल जाते हैं।

तस्मादु हैवंविद्यद्यपि चण्डालायोच्छिष्टं प्रयच्छेदात्मनि हैवास्य तद्वैश्वानरे हुतꣳ स्यादिति तदेष श्लोकः ॥4॥

अतः इस प्रकार जाननेवाला यदि चाण्डाल को उच्छिष्ट (जूठा) दे, तो भी वह अन्न वैश्वानर आत्मा में यज्ञ करने के समान है। इस विषय में यह मन्त्र है—

यथेह क्षुधिता बाला मातरं पर्युपासते।
एवꣳसर्वाणि भूतान्यग्निहोत्रमुपासत ॥
इत्यग्निहोत्रमुपासत इति ॥5॥

इति चतुर्विंशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि पञ्चमोऽध्यायः ॥5॥

जिस तरह भूखे बच्चे माँ की राह देखते हैं, वैसे ही सभी प्राणी इस ज्ञानी के हव्य रूप यजन की (यह तत्त्वज्ञानी कब भोजन लेगा, इसकी) राह देखते हैं।

(यहाँ चौबीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् का पाँचवाँ अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथ षष्ठोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ श्वेतकेतुर्हारुणेय आस तꣳ ह पितोवाच श्वेतकेतो वस ब्रह्मचर्यं न वै सोम्य ! अस्मत्कुलीनोऽननूच्य ब्रह्मबन्धुरिव भवतीति ॥1॥

अरुण का पुत्र श्वेतकेतु था। उससे पिता ने कहा—"हे श्वेतकेतु ! ब्रह्मचर्याश्रम में रहो। हे सोम्य ! हमारे कुल में जन्मा कोई पुरुष बिना अध्ययन किए केवल नाम का ब्राह्मण ही नहीं रहता।

स ह द्वादशवर्ष उपेत्य चतुर्विंꣳशतिवर्षः सर्वान्वेदानधीत्य महामना अनूचानमानी स्तब्ध एयाय तꣳह पितोवाच श्वेतकेतो यन्नु सोम्येदं महामना अनूचानमानी स्तब्धोऽस्युत तमादेशमप्राक्ष्यः ॥2॥

बारह वर्ष का वह गुरु के यहाँ रहकर चौबीस साल तक सभी वेदों का अध्ययन करके अपने को बड़ा पण्डित और पढ़ालिखा मानता हुआ गर्व से अक्खड़ बनकर लौटा। तब उसके पिता ने पूछा—"हे श्वेतकेतु ! हे सोम्य ! जो तुम इस प्रकार अपने को बड़ा पण्डित और पढ़ा-लिखा मानकर गर्विष्ट हुए हो, तो क्या तुमने अपने गुरु से परब्रह्म का उपदेश पूछा है ?"

येनाश्रुतꣳश्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातमिति कथं नु भगवः स आदेशो भवतीति ॥3॥

"जिससे न सुना हुआ सुना होता है, नहीं विचारा हुआ विचारा होता है, न जाना हुआ जाना जाता है ?" यह सुनकर श्वेतकेतु बोला—"भगवन् ! ऐसा उपदेश कैसे होता है ?"

यथा सोम्यैकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातꣳस्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम् ॥4॥

तब पिता बोले—"जैसे मिट्टी के एक पिण्ड से मिट्टी से बने सभी पदार्थ जाने जा सकते हैं, क्योंकि मिट्टी से बने पदार्थों के नाम-रूप वाणी के आश्रय में रहे हुए विकार हैं। वास्तव में तो मिट्टी ही सत्य है।

यथा सोम्यैकेन लोहमणिना सर्वं लोहमयं विज्ञातꣳ स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं लोहमित्येव सत्यम् ॥5॥

"हे सौम्य ! जैसे एक लोहमणि (सोने की ईंट) के ज्ञान से सभी सुवर्णनिर्मित गहने जाने जा सकते हैं। वाणी के आश्रय में रहे हुए नामों के ही ये सब विकार हैं। वास्तव में तो सोना ही सत्य है।"

यथा सोम्यैकेन नखनिकृन्तनेन सर्वं कार्ष्णायसं विज्ञातꣳ स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं कार्ष्णायसमित्येव सत्यमेवꣳ सोम्य स आदेशो भवतीति ॥6॥

"हे सोम्य ! जिस प्रकार एक ही नखैनी (नख काटने का औजार) के ज्ञान से सभी लोहमय पदार्थ जाने जा सकते हैं। लोहोत्पन्न सभी पदार्थों का नाममात्र वाणी के आश्रय में रहे हुए विकार हैं। वास्तव में सत्य तो एक लोहा ही है।"

न वै नूनं भगवन्तस्त एतदवेदिषुर्यद्ध्येदवेदिष्यन् कथं मे नावक्ष्यन्निति भगवाꣳस्त्वेवमेतद्ब्रवीत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥7॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

तब श्वेतकेतु ने कहा—"मेरे पूज्य गुरु वह नहीं जानते होंगे, यदि जानते होते तो मुझे क्यों नहीं बताते ? इसलिए पूज्य आप ही मुझसे यह कहिए।" तब पिता ने कहा—ठीक है, हे सोम्य !"

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयः खण्डः

सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं तद्धैक आहुरसदेवेदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं तस्मादसतः सज्जायत ॥1॥

हे सोम्य ! यह पहले सत् ही था, वह एक था—अद्वितीय था। कुछ लोग ऐसा कहते हैं कि असत् ही पहले था, वह एक और अद्वितीय था। उस असत् में से सत् जन्मा।

कुतस्तु खलु सोम्यैवꣳ स्यादिति होवाच कथमसतः सज्जायेतेति। सत्त्वेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम् ॥2॥

हे सोम्य ! परन्तु ऐसा कैसे हो सकता है ? कुछ न हो, उसमें से सत् कैसे उत्पन्न हो सकता है ? इसलिए हे सौम्य ! पहले 'सत्' ही था, वह अकेला ही था, अन्य कुछ नहीं था।

तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजत। तत्तेज ऐक्षत बहुस्यां प्रजायेयेति तदपोऽसृजत। तस्माद्यत्र क्व च शोचति स्वेदते वा पुरुषस्तेजस एव तद्ध्यापो जायन्ते ॥3॥

उसने संकल्प किया—"मैं बहुत होऊँ, अनेक प्रकार से उत्पन्न होऊँ।" उसने तेज बनाया। उस तेज ने संकल्प किया—"मैं बहुत होऊँ", तो उसने पानी बनाया। इसीलिए जहाँ-कहीं मनुष्य शोक करता है या उसे पसीना आता है, वह तेजसे (गरमी से) ही पानी होता है।

ता आप ऐक्षन्त बह्वयः स्याम प्रजायेमहीति ता अन्नमसृजन्त। तस्माद्यत्र क्व च वर्षति तदेव भूयिष्ठमन्नं भवत्यद्भ्य एव तदध्यन्नाद्यं जायते ॥4॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

फिर उस पानी ने सोचा—'मैं बहुत होऊँ', 'बहुत रूप धारण करूँ'—तो उसने अन्न पैदा किया। इसीलिए जहाँ कहीं भी वर्षा होती है वहाँ बहुत अन्न होता है। पानी से ही वह अन्न उपजता है।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

तेषां खल्वेषां भूतानां त्रीण्येव बीजानि भवन्त्याण्डजं जीवजमुद्भिज्जमिति ॥1॥

इन प्राणियों के तीन बीज (प्रकार) हैं—अण्डे से उत्पन्न होनेवाले, जीव (जरायु) से उत्पन्न होनेवाले और धरती को भेदकर उत्पन्न होनेवाले। (यहाँ स्वेदज का अन्तर्भाव अण्डज में किया गया है)।

सेयं देवतैक्षत हन्ताहमिमास्तिस्रो देवता अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणीति ॥2॥

फिर उस 'सत्' तत्त्व ने सोचा कि "अब मैं इन तेज, जल और अन्न में जीव के साथ प्रवेश करके उन्हें अलग-अलग नामवाले और रूपवाले बनाऊँ।"

तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकां करवाणीति सेयं देवतेमास्तिस्रो देवता अनेनैव जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरोत् ॥3॥

"और इन तीनों देवताओं को (तेज, जल और अन्न) तिगुना कर दूँ"—ऐसा सोचकर उस 'सत्' तत्त्व ने (सत् नामक देव ने) उन तीनों देवताओं में जीव के साथ प्रवेश किया और उन्हें अलग-अलग नाम-रूप वाला बनाया।

तासां त्रिवृतं त्रिवृतमेकैकामकरोद्यथा नु खलु सोम्येमास्तिस्रो देवतास्त्रिवृत्त्रिवृदेकैका भवति तन्मे विजानीहीति ॥4॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

"हे सोम्य! बाद में उसने उन तीनों देवताओं को त्रिगुणित त्रिगुणित बनाया। ऐसा किस तरह किया, वह मैं तुम्हें समझाता हूँ।"

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

यदग्ने रोहितꣳ रूपं तेजसस्तद्रूपं यच्छुक्लं तदपां यत्कृष्णं तदन्नस्यापागादग्नेरग्नित्वं वाचारम्भणं विकारो नामधेयं त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम् ॥1॥

तिगुने किए अग्नि में जो लाल वर्ण है वह तेज का रूप है, जो शुक्ल है वह जल का और जो काला वर्ण है वह अन्न (पृथ्वी) का रूप है। अग्नि का अग्नित्व चला गया। वाणी से कहा जाने वाला नाममात्र का ही वह विकार है। तीन रूप ही वास्तव में सत्य हैं।

यदादित्यस्य रोहितꣳ रूपं तेजसस्तद्रूपं यच्छुक्लं तदपां यत्कृष्णं तदन्नस्यापागादादित्यादादित्यत्वं वाचारम्भणं विकारो नामधेयं त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम् ॥2॥

सूर्य का लाल वर्ण तेज का रूप है, जो शुक्लवर्ण है वह जल का रूप है, जो कृष्ण वर्ण है, वह अन्न (पृथ्वी) का रूप है। इस तरह आदित्य से आदित्यत्व चला गया। वाणी से कहा जानेवाला नाममात्र का ही वह विकार है। वास्तव में तीन रूप ही सत्य हैं।

यच्चन्द्रमसो रोहितꣳ रूपं तेजसस्तद्रूपं यच्छुक्लं तदपां यत्कृष्णं तदन्नस्यापागाच्चन्द्राच्चन्द्रत्वं वाचारम्भणं विकारो नामधेयं त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम् ॥3॥

चन्द्रमा में जो लाल वर्ण है वह तेज का रूप है, जो शुक्ल वर्ण है वह जल का रूप है और जो कृष्णवर्ण है वह अन्न (पृथ्वी) का रूप है। इस तरह चन्द्र का चन्द्रत्व चला गया। वाणी का आश्रित नाममात्र का ही यह विकार रह गया। वास्तव में तीन रूप ही सत्य हैं।

यद्विद्युतो रोहितꣳ रूपं तेजसस्तद्रूपं यच्छुक्लं तदपां यत्कृष्णं तदन्नस्यापागाद्विद्युतो विद्युत्त्वं वाचारम्भणं विकारो नामधेयं त्रीणि रूपाणीत्येव सत्यम् ॥4॥

विद्युत् में जो लाल वर्ण है वह तेज का रूप है, जो शुक्ल वर्ण है वह जल का रूप है और जो कृष्णवर्ण है, वह अन्न (पृथ्वी) का रूप है। इस तरह विद्युत् का विद्युत्त्व चला गया। वाणी में आश्रित नाममात्र का विकार रह गया! वास्तव में तीन रूप ही सत्य हैं।

एतद्ध स्म वै तद्विद्वाꣳस आहुः पूर्वे महाशाला महाश्रोत्रिया न नोऽद्य कश्चनाश्रुतममतमविज्ञातमुदाहरिष्यतीति ह्येभ्यो विदांचक्रुः ॥5॥

इस त्रिवृत्करण को जाननेवाले पूर्व के बड़े गृहस्थों और महाश्रोत्रियों ने कहा था कि—'हमारे कुल में आज से कोई ऐसा नहीं कह सकेगा कि यह न सुना हुआ, न माना हुआ, न ठीक से जाना हुआ है। क्योंकि अग्नि आदि के दृष्टान्त से वे सब कुछ जानते थे।

यदु रोहितमिवाभूदिति तेजसस्तद्रूपमिति तद्विदांचक्रुर्यदु शुक्लमिवाभूदित्यपाꣳ रूपमिति तद्विदांचक्रुर्यदु कृष्णमिवाभूदित्यन्नस्य रूपमिति तद्विदांचक्रुः ॥6॥

जो लालिमा जैसा रूप दिखाई देता था उसे वे तेज का रूप जानते थे, जो सफेद रूप दिखाई पड़ता था उसे वे जल का रूप समझते थे, और जो काला-सा रूप दिखाई पड़ता था उसे वे अन्न (पृथ्वी) का रूप समझते थे।

यद्विज्ञातमिवाभूदित्येतासामेव देवतानाꣳ समास इति तद्विदांचक्रुर्यथा नु खलु सोम्येमास्तिस्रो देवताः पुरुषं प्राप्य त्रिवृत्त्रिवृदेकैका भवति तन्मे विजानीहीति ॥7॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

जो कुछ भी न समझ में आनेवाली वस्तु हो, तो उसे वे इन्हीं तीन तत्त्वों से बनी हुई समझते थे। हे सोम्य! अब ये तीनों देव किस तरह मनुष्य के शरीर में त्रिगुणित हुए, वह मैं तुम्हें समझाऊँगा।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

अन्नमशितं त्रेधा विधीयते। तस्य यः स्थविष्ठो धातुस्तत्पुरीषं भवति यो मध्यमस्तन्माꣳसं योऽणिष्ठस्तन्मनः ॥1॥

खाए हुए अन्न के तीन परिणाम होते हैं, जो स्थूल भाग है वह मल बनता है, जो मध्य भाग है उसका मांस बनता है और जो सूक्ष्म भाग है उसका मन बनता है।

आपः पीतास्त्रेधा विधीयन्ते तासां यः स्थविष्ठो धातुस्तन्मूत्रं भवति यो मध्यमस्तल्लोहितं योऽणिष्ठः स प्राणः ॥2॥

पिये हुए जल के तीन परिणाम होते हैं। उसका जो स्थूल भाग है वह मूत्र बनता है, जो मध्यम है वह लहू बनता है और जो सूक्ष्म है वह प्राण है।

तेजोऽशितं त्रेधा विधीयते तस्य यः स्थविष्ठो धातुस्तदस्थि भवति यो मध्यमः स मज्जा योऽणिष्ठः सा वाक् ॥3॥

खाए हुए घृतादि तेज के तीन परिणाम होते हैं, उसका स्थूलतम भाग है वह हड्डियाँ बनता है, मध्यम भाग चरबी होता है और सूक्ष्मतम भाग वाणी बनता है।

अन्नमयꣳ हि सोम्य मन आपोमयः प्राणस्तेजोमयी वागिति भूय एव मा भगवान्विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥4॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

"हे सोम्य ! मन अन्नमय है, प्राण जलमय है और वाणी तेजोमय है।" आरुणि के ऐसा कहने पर श्वेतकेतु बोला—"भगवन् ! मुझे फिर से विस्तृत रूप में समझाइए।" पिता ने कहा—"ठीक है।"

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

दध्नः सोम्य मथ्यमानस्य योऽणिमा स ऊर्ध्वः समुदीषति तत्सर्पिर्भवति ॥1॥

हे सोम्य ! मथे हुए दही का जो सूक्ष्म भाग है वही ऊर्ध्व-गमन करते हुए घृत रूप में परिणत होता है।

एवमेव खलु सोम्यान्नस्याश्यमानस्य योऽणिमा स ऊर्ध्वः समुदीषति तन्मनो भवति ॥2॥

हे सोम्य ! इसी प्रकार खाए जानेवाले अन्न का जो अतिसूक्ष्म अंश है, जो ऊपर एकत्रित होता है वही मन रूप में परिणत होता है।

अपाꣳ सोम्य पीयमानानां योऽणिमा स ऊर्ध्वः समुदीषति स प्राणो भवति ॥3॥

हे सोम्य ! पिये जानेवाले जल का सूक्ष्मतम भाग जो ऊपर एकत्रित होता है, वही प्राण के रूप में परिणत होता है।

तेजसः सोम्याश्यमानस्य योऽणिमा स ऊर्ध्वः समुदीषति सा वाग्भवति ॥4॥

हे सोम्य ! ग्रहण किए हुए तेज का सूक्ष्मतम भाग जो ऊपर आता है, वही वाणी के रूप में परिणत होता है।

अन्नमयꣳहि सोम्य मन आपोमयः प्राणस्तेजोमयी वागिति भूय एव मा भगवान्विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥5॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

"हे सोम्य ! मन अन्नमय है, प्राण जलमय है, वाणी तेजोमयी है।" आरुणि ने ऐसा कहा, तब श्वेतकेतु बोला—"भगवन् ! फिर से और अधिक समझाइए।" पिता ने कहा—"हाँ, ठीक है।"

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

षोडशकलः सोम्य पुरुषः पञ्चदशाहानि माशीः। काममपः पिबापोमयः प्राणो न पिबतो विच्छेत्स्यत इति ॥1॥

हे सोम्य ! यह पुरुष सोलह कलाओं वाला है। पंद्रह दिनों तक तुम खाओ नहीं। परन्तु अपनी इच्छानुसार जल पीओ। क्योंकि पानी नहीं पिओगे, तो प्राण निकल जाएँगे। (क्योंकि प्राण आपोमय है)।

स ह पञ्चदशाहानि नाशाथ हैनमुपससाद। किं ब्रवीमि भो इत्यृचः सोम्य यजूꣳषि सामानीति स होवाच न वै मा प्रतिभान्ति भो इति ॥2॥

उसने पंद्रह दिनों तक खाया नहीं, फिर बाद में पिता के पास आकर बोला—"जी, मैं क्या बोलूँ ?" पिता ने कहा—"ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद के मंत्र बोलो।" उसने कहा—"जी, मुझे तो कुछ याद नहीं आता।

तꣳ होवाच यथा सोम्य महतोऽभ्याहितस्यैकोऽङ्गारः खद्योतमात्रः परिशिष्टः स्यात्तेन ततोऽपि न बहु दहेदेवꣳ सोम्य ते षोडशानां कलानामेका कलाऽतिशिष्टा स्यात्तयैतर्हि वेदान्नानुभवस्यशानाथ मे विज्ञास्यसीति ॥3॥

आरुणि ने उससे कहा—"हे सोम्य ! जैसे बहुत ईंधन से प्रज्वलित अग्नि का एक जुगनू जैसा अंगारा ही शेष रहा हो, तो वह अपने से बड़े परिमाणवाले पदार्थ को नहीं जला सकता। इसी प्रकार तुम्हारी सोलह कलाओं में से मात्र एक कला ही शेष रही हो, तो उस एक ही कला से इस समय तुम वेदों का अनुभव नहीं कर सकते हो। अब तुम खा लो। बाद में मेरी बात को समझ सकोगे।

स हाशाथ हैनमुपससाद तꣳह यत्किंच पप्रच्छ सर्वꣳ ह प्रतिपेदे ॥4॥

उसने खाया और बाद में वह अपने पिता के पास गया। उस समय पिता ने जो कुछ भी कहा, उन सबको वह समझ गया।

तꣳ होवाच यथा सोम्य महतोऽभ्याहितस्यैकमङ्गारं खद्योतमात्रं परिशिष्टं तं तृणैरूपसमाधाय प्राज्वलयेत्तेन ततोऽपि बहु दहेत् ॥5॥

आरुणि ने उससे कहा—"हे सोम्य, जिस तरह बहुत ईंधन से प्रज्वलित अग्नि के शेष रह गए जुगनू जैसे छोटे अंगारे में तिनके, घास, लकड़ियाँ आदि डालकर धीरे-धीरे जलाया जाए, तो फिर ज्यादा परिमाणवाले पदार्थ को भी वह जला सकता है।

एवꣳ सोम्य ते षोडशानां कलानामेका कलाऽतिशिष्टाऽभूत्सान्नेनोपसमाहिता प्राज्वालीत्तयैतर्हि वेदाननुभवस्यन्नमयꣳ हि सोम्य मन आपोमयः प्राणस्तेजोमयी वागिति तद्धास्य विजज्ञाविति विजज्ञाविति ॥6॥

इति सप्तमः खण्डः ॥

"इस प्रकार हे सोम्य ! पंद्रह दिनों तक भोजन किए बिना तुम्हारी सोलह कलाओं में से एक ही कला अवशिष्ट रही थी। वह कला अन्न से फिर से प्रज्वलित की गई। इसीलिए तुम इस समय वेदों को याद करते हो। हे सोम्य ! मन ही अन्नमय है, प्राण जलमय है, और वाणी तेजोमय है। ऐसा समझो।" पिता ने ऐसा कहा तो पुत्र समझ गया। समझ गया।

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

उद्दालको हारुणिः श्वेतकेतुं पुत्रमुवाच स्वप्नान्तं मे सोम्य विजानीहीति यत्रैतत्पुरुषः स्वपिति नाम सता सोम्य तदा सम्पन्नो भवति स्वमपीतो भवति तस्मादेनꣳ स्वपितीत्याचक्षते स्वꣳ ह्यपीतो भवति ॥1॥

आरुणि उद्दालक ने अपने पुत्र श्वेतकेतु से कहा—"हे सोम्य ! अब तुम मुझ से स्वप्नावस्था के विषय में जानो। स्वप्नावस्था में पुरुष 'स्वपिति' (अपि इति) अर्थात् सत् के साथ मिल जाता है। इसलिए सो जाता है। स्वयम् अपने आपको अपीत = मिला हुआ रहता है। इसलिए उसे 'स्वपिति' कहा जाता है अर्थात् अपने साथ मिला हुआ रहता है।

स यथा शकुनिः सूत्रेण प्रबद्धो दिशं दिशं पतित्वान्यत्रायतनमलब्ध्वा बन्धनमेवोपश्रयत एवमेव खलु सोम्य तन्मनो दिशं दिशं पतित्वान्यत्रायतनमलब्ध्वा प्राणमेवोपश्रयते प्राणबन्धनꣳ हि सोम्य मन इति ॥2॥

जैसे डोरी से बाँधा हुआ कोई पक्षी प्रत्येक दिशा में घूमकर कहीं भी आश्रय न मिलने पर, अपने बन्धन का ही आश्रय लेता है, उसी प्रकार हे सोम्य ! यह मन प्रत्येक दिशा में घूमकर कहीं भी आश्रय न मिलने पर प्राण का आश्रय ही लेता है। हे सोम्य ! मन प्राणरूपी बन्धनवाला है।

अशनापिपासे मे सोम्य विजानीहीति यत्रैतत्पुरुषोऽशिशिषति नामाप एव तदशितं नयन्ते तद्यथा गोनायोऽश्वनायः पुरुषनाय इत्येवं तदप आचक्षतेऽशनायेति तत्रैतच्छुङ्गमुत्पतितꣳ सोम्य विजानीहि नेदममूलं भविष्यतीति ॥3॥

अब हे सोम्य ! तुम मुझसे 'अशनाय' (भूख) और पिपासा के विषय में जान लो। जब कोई पुरुष 'अशन' (खाने) की इच्छा करता है, तब उस खाए हुए अन्न को पानी ही ले जाता है (नयति)। तो जिस प्रकार गाय को ले जानेवाला 'गोनाय', अश्व को ले जानेवाला 'अश्वनाय' और पुरुष को ले जानेवाला 'पुरुषनाय' कहलाता है, वैसे ही अशित को ले जाने वाला 'अशनाय' कहलाता है। पानी को अशनाय कहते हैं। ऐसा होने से इस जलरूप अशनाय से ही शरीररूप शुंग (कार्य) उत्पन्न हुआ है। क्योंकि कारण के बिना कार्य उत्पन्न नहीं होता।

तस्य क्व मूलꣳ स्यादन्यत्रान्नादेवमेव खलु सोम्यान्नेन शुङ्गेनापोमूलमन्विच्छाद्भिः सोम्य शुङ्गेन तेजोमूलमन्विच्छ तेजसा सोम्य शुङ्गेन सन्मूलमन्विच्छ सन्मूलाः सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः सत्प्रतिष्ठाः ॥4॥

उस (शरीर) का अन्न के सिवा क्या कारण हो सकता है। हे सोम्य ! इस अन्नरूप कार्य का मूल जल को जानो। हे सोम्य ! जल रूप कार्य का मूल तेज को जानो और तेजरूप कार्य का मूल 'सत्' तत्त्व को जानो। हे सोम्य ! यह सब प्रजा सत् रूप आश्रयवाली और सत् तत्त्व में ही अधिष्ठित है अर्थात् सत् रूप कारणवाली है।

अथ यत्रैतत्पुरुषः पिपासति नाम तेज एव तत्पीतं नयते तद्यथा गोनायोऽश्वनायः पुरुषनाय इत्येवं तत्तेज आचष्ट उदन्येति तत्रैतदेव शुङ्गमुत्पतितꣳ सोम्य विजानीहि नेदममूलं भविष्यतीति ॥5॥

जब पुरुष को 'पिपासा (पीने की इच्छा) होती है, तो पिए हुए जल को तेज ही ले जाता है। जैसे गाय को हाँकनेवाला 'गोनाय', अश्व को हाँकनेवाला 'अश्वनाय' और पुरुष को ले जानेवाला 'पुरुषनाय' कहलाता है, इसी तरह तेज को 'उदन्य' (उदक को ले जानेवाला) कहा गया है। हे सोम्य ! यह शरीर कार्यरूप है, कारण के बिना वह उत्पन्न नहीं हो सकता।

तस्य क्व मूलꣳ स्यादन्यत्राद्भ्योऽद्भिः सोम्य शुङ्गेन तेजोमूलमन्विच्छ तेजसा सोम्य शुङ्गेन सन्मूलमन्विच्छ सन्मूलाः सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः सत्प्रतिष्ठा यथा तु खलु सोम्येमास्तिस्रो देवताः पुरुषं प्राप्य त्रिवृत्त्रिवृदेकैका भवति तदुक्तं पुरस्तादेव भवत्यस्य सोम्य पुरुषस्य प्रयतो वाङ्मनसि संपद्यते मनः प्राणे प्राणस्तेजसि तेजः परस्यां देवतायाम् ॥6॥

जल के सिवा शरीर का मूल भला क्या हो सकता है ? हे सोम्य ! जल रूप कार्य का कारण तेज को ही जानो। और तेजरूप कार्य का कारण 'सत्' तत्त्व को जानो। ये सारी प्रजाएँ हे सोम्य ! सत् रूप कारणवाली हैं, सत् पर ही अवलम्बित हैं और सत् में ही अधिष्ठित हैं। हे सोम्य ! जिस प्रकार ये तीनों—अन्न-जल-तेज प्रत्येक तिगुना-तिगुना होता है, वह पहले ही बताया जा चुका है। हे सोम्य ! यह पुरुष जब मरने लगता है, तब उसकी वाणी मन में समा जाती है, मन प्राण में और प्राण तेज में समा जाता है।

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥7॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

यह जो सूक्ष्म है, यह सारा जगत् उसी का आत्मरूप है। हे श्वेतकेतु ! तो वास्तविक रूप से वह आत्मतत्त्व तुम्हीं हो। बाद में श्वेतकेतु बोला—"भगवन् ! और भी अधिक स्पष्टतापूर्वक कहिए" तब आरुणि ने कहा—"ठीक है।"

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

यथा सोम्य मधु मधुकृतो निस्तिष्ठन्ति नानात्ययानां वृक्षाणाꣳरसान्समवहारमेकताꣳ रसं गमयन्ति ॥1॥

हे सोम्य ! जैसे मधुमक्खियाँ अनेक वृक्षों के फूलों के रस को ले आकर उन सभी रसों को एक-रूप बना देती हैं और मधु बनाती हैं।

ते यथा तत्र न विवेकं लभन्तेऽमुष्याहं वृक्षस्य रसोऽस्म्यमुष्याहं वृक्षस्य रसोऽस्मीत्येवमेव खलु सोम्येमाः सर्वाः प्रजाः सति सम्पद्य न विदुः सति सम्पद्यामह इति ॥2॥

मधु बनने के बाद उस मधु में—"मैं अमुक-अमुक वृक्ष का रस हूँ।" इस प्रकार का कोई भेद जाना नहीं जा सकता, इसी प्रकार हे सोम्य ! ये सारी प्रजाएँ सत् से मिलकर यह नहीं जानतीं कि हम अलग-अलग थीं और सत् में मिली हैं।

त इह व्याघ्रो वा सिꣳहो वा वृको वा वराहो वा कीटो वा पतङ्गो वा दꣳशो वा मशको वा यद्यद्भवन्ति तदा भवन्ति ॥3॥

बाघ, सिंह, वृक, वराह, कीड़ा, जुगनू, डाँस या मच्छर—आदि सभी पहले यहाँ जैसे थे, उसी रूप में फिर से जब सत् से अलग होते हैं, तब स्वरूप वाले हो जाते हैं।

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥4॥

इति नवमः खण्डः ॥

"अतः यह सत् रूप सूक्ष्म तत्त्व ही सारे जगत् का मूल है, वही जगत् का आत्मा है, वही सत्य है, और हे श्वेतकेतु ! वह आत्मा तुम्हीं हो।" पिता के ऐसा कहने पर श्वेतकेतु ने कहा—"भगवन् ! मुझे फिर से समझाइए", तब पिता ने कहा—"ठीक है।"

(यहाँ नवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

इमाः सोम्य नद्यः पुरस्तात्प्राच्यः स्यन्दन्ते पश्चात्प्रतीच्यस्ताः समुद्रात्समुद्रमेवापियन्ति स समुद्र एव भवति ता यथा तत्र न विदुरियमहमस्मीति ॥1॥

"हे सोम्य ! पूर्व दिशावाली नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं, पश्चिम की नदियाँ पश्चिम की ओर बहती हैं। ये सभी नदियाँ समुद्र से निकल कर समुद्र में ही मिल जाती हैं। समुद्र से मिली हुई वे नहीं जानतीं कि मैं अमुक-अमुक नदी हूँ।

एवमेव खलु सोम्येमाः सर्वाः प्रजा सत आगत्य न विदुः सत आगच्छामह इति त इह व्याघ्रो वा सिꣳहो वा वृको वा वराहो वा कीटो वा पतङ्गो वा दꣳशो वा मशको वा यद्यद्भवन्ति तदा भवन्ति ॥2॥

हे सोम्य ! इसी प्रकार ये सब प्रजाएँ सत् से आकर भी यह नहीं जानतीं कि हम सत् से ही आ रहे हैं। इस लोक में बाघ, सिंह, वृक, वराह, कीड़ा, जुगनू, डाँस, मच्छर आदि जो-जो होते हैं, सत् से निकलकर वे उसी रूपवाले होते हैं।

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥3॥

इति दशमः खण्डः ॥

वह जो यह सूक्ष्म आत्मा है, यह सारा जगत् उसी का स्वरूप है, वही सत्य है और हे श्वेतकेतु ! तुम्हीं वह आत्मा हो" पिता के ऐसा कहने पर पुत्र ने कहा—"हे भगवन् ! आप फिर से मुझे उपदेश दीजिए।" तब पिता ने कहा—"ठीक है।"

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

अस्य सोम्य महतो वृक्षस्य यो मूलेऽभ्याहन्याज्जीवन् स्रवेद्यो मध्येऽभ्याहन्याज्जीवन्स्रवेद्योऽग्रेऽभ्याहन्याज्जीवन्स्रवेत्स एष जीवेनात्मनानुप्रभूतः पेपीयमानो मोदनमानस्तिष्ठति ॥1॥

हे सोम्य ! इस महान् वृक्ष के मूल में अगर कोई प्रहार करे उसमें से रस का स्राव होता है, और वह जीवित रहता है। कोई यदि बीच के भाग में प्रहार करे तो भी वहाँ रस का स्राव होता है और वृक्ष जीवित ही रहता है। अगर कोई अग्र भाग में प्रहार करे, तो भी वहाँ रस झरता है और वृक्ष जीवित रहता है। वह यह वृक्ष जीवात्मा से संपूर्णतया व्याप्त है। वृक्ष उस आत्मा का रस पीता हुआ आनन्द से खड़ा रहता है।

अस्य यदेकाꣳ शाखां जीवो जहात्यथ सा शुष्यति द्वितीयां जहात्यथ सा शुष्यति तृतीयां जहात्यथ सा शुष्यति सर्वं जहाति सर्वः शुष्यति ॥2॥

जब इसकी एक शाखा को जीव छोड़ देता है, तो वह सूख जाती है, जब दूसरी को छोड़ देता है तब वह सूख जाती है, जब तीसरी को छोड़ता है तो वह भी सूख जाती है और जब सबको छोड़ देता है, तब सारा वृक्ष ही सूख जाता है।

एवमेव खलु सोम्य विद्धीति होवाच जीवापेतं वाव किलेदं म्रियते न जीवो म्रियत इति स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥3॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

हे सोम्य ! ठीक उसी तरह जीव के निकल जाने के बाद सचमुच यह शरीर मर जाता है, परन्तु, जीव नहीं मरता। ऐसा तुम जानो।" उसने आगे यह भी कहा कि—"यह जो अणिमा (सूक्ष्मतम) तत्त्व है, वही आत्मा है, सारा जगत् इसी का रूप है, वही सत्य है। हे श्वेतकेतु ! वह तत्त्व तुम्हीं हो।" तब श्वेतकेतु ने कहा—"भगवन् ! और भी आगे मुझे समझाइए।" तब पिता ने कहा—"हाँ ठीक है।"

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

न्यग्रोधफलमत आहरेतीदं भगव इति भिन्द्धीति भिन्नं भगव इति किमत्र पश्यसीत्यण्व्य इवेमा धाना भगव इत्यासामङ्गैकां भिन्द्धीति भिन्ना भगव इति किमत्र पश्यसीति न किंचन भगव इति ॥1॥

पिता बोले—'एक वटफल लाओ।' पुत्र बोला—'यह लाया भगवन्।' पिता बोले—'इसे तोड़ो'। पुत्र बोला—'यह तोड़ा भगवन्', पिता बोले—'इसमें क्या देखते हो ?' पुत्र बोला—'अतिसूक्ष्म बीज भगवन्।' पिता बोले—'भाई, इसमें से एक को तोड़ो', पुत्र बोला—'तोड़ा भगवन्'। पिता ने पूछा—'इसमें क्या देखते हो ?' पुत्र ने कहा—'हे भगवन्। मैं तो इसमें कुछ भी नहीं देखता।'

तꣳ होवाच यं वै सोम्यैतमणिमानं न निभालयस एतस्य वै सोम्यैषोऽणिम्न एवं महान्न्यग्रोधस्तिष्ठति श्रद्धत्स्व सोम्येति ॥2॥

पिता बोले—"हे सोम्य ! वट के बीज में जिस सूक्ष्म तत्त्व को तुम नहीं देख रहे हो, हे सोम्य ! उसी से यह इतना बड़ा बना है। तुम इस कथन में श्रद्धा रखो"।

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥3॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

"वह यह सूक्ष्म (अणु-सा) आत्मा है, सारी सृष्टि उसी से व्याप्त है, वही सत्य है, वही आत्मा है, और श्वेतकेतु ! वह आत्मा तुम्ही हो" तब श्वेतकेतु बोला—'और ज्यादा आप महानुभाव मुझे कहिए"। तब पिता बोले—"ठीक है।"

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

लवणमेतदुदकेऽवधायाथ मा प्रातरुपसीदथा इति स ह तथा चकार तꣳ होवाच यद्दोषा लवणमुदकेऽबाधा अङ्ग तदाहरेति तद्धावमृश्य न विवेद ॥1॥

पिता ने कहा—'(रात को) जल में नमक डालकर प्रातःकाल उसे मेरे पास लाओ।" उसने (श्वेतकेतु ने) ऐसा ही किया। तब पिता ने कहा—"रात को जो नमक इसमें डाला था, भाई ! उसे यहाँ लाओ।" श्वेतकेतु ने पानी में उसे खोजा पर वह उसे पा न सका।

यथा विलीनमेवाङ्गास्यान्तादाचामेति कथमिति लवणमिति मध्यादाचामेति कथमिति लवणमित्यन्तादाचामेति कथमिति लवणमित्यभिप्रास्यैस्तदथ मोपसीदथा इति तद्ध तथा चकार तच्छश्वत्संवर्तते तꣳहोवाचात्र वाव किल सत्सोम्य न निभालयसेऽत्रैव किलेति ॥2॥

पिता बोले—"हे वत्स ! जैसे वह (नमक) उसी में (पानी में ही) समा गया है, तुम ऊपर से

उसका आचमन करो। कैसा लगा ?" पुत्र बोला—'खारा'। पिता बोले—"मध्यभाग से आचमन करो। कैसा लगा ?" पुत्र बोला—'खारा'। पिता बोले—"तल भाग से आचमन करो। कैसा लगा ?" पुत्र बोला—'खारा'। पिता ने तब कहा—"अब उस जल को फेंककर मेरे पास आओ।" पुत्र ने ऐसा ही किया। तब पिता ने कहा—"वह नमक हमेशा ही जल में रहता ही है।" और भी कहा कि—"ऐसे ही 'सत्' यहाँ भी विद्यमान ही है। भले ही तुम उसे देख नहीं सकते, पर है तो वह यहाँ ही।"

स ह एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥3॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

"और वही यह अणु (सूक्ष्म) आत्मा है, सभी उससे व्याप्त है, वही सत्य है, वही आत्मा है और श्वेतकेतु ! तुम ही तो वह आत्मा हो।" तब श्वेतकेतु बोला—"भगवन् ! फिर से और ज्यादा मुझे बताइए।" पिता बोले—"अच्छा सोम्य !"

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

यथा सोम्य पुरुषं गन्धारेभ्योऽभिनद्धाक्षमानीय तं ततोऽतिजने विसृजेत्स यथा तत्र प्राङ्वोदङ्वाऽधराङ्वा प्रत्यङ्वा प्रध्मायीताभिनद्धाक्ष आनीतोऽभिनद्धाक्षो विसृष्टः ॥1॥

"हे सोम्य ! जिस प्रकार गांधार देश में से आँखें बाँधकर लाए गए पुरुष को किसी निर्जन प्रदेश में छोड़ दिया जाए, और वहाँ पर वह पूर्व, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण की ओर मुँह करके क्रन्दन करता है। वह कहता है कि "मैं आँखें बाँधकर यहाँ लाया गया हूँ—मेरी आँखें बाँधकर मुझे यहाँ छोड़ दिया गया है।"

तस्य यथाभिनहनं प्रमुच्य प्रब्रूयादेतां दिशं गन्धारा एतां दिशं व्रजेति स ग्रामाद्ग्रामं पृच्छन् पण्डितो मेधावी गन्धारानेवोपसम्पद्येतैवमेवेहाचार्यवान् पुरुषो वेद तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ संपत्स्य इति ॥2॥

उस पुरुष के बन्धन को खोलकर जैसे उससे कोई कहे—"इस दिशा में गन्धार देश है, इस दिशा में चलो।" तो वह बुद्धिमान और समझदार पुरुष एक गाँव से दूसरे गाँव पूछते-पूछते गन्धार देश में पहुँच ही जाता है। उसी प्रकार इस लोक में आचार्यवाला मनुष्य ही सत् को जान सकता है। उसके लिए मोक्षप्राप्ति में उतनी ही देर लगती है जब तक कि वह देहबन्धन से मुक्त नहीं हो जाता। इसके बाद तो वह पुरुष मुक्त होते ही सत् को प्राप्त कर लेता है।

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान्विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥3॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

"वही यह सूक्ष्मतम है, उसी से सब कुछ व्याप्त है, वह सत्य है, वह आत्मा है और हे श्वेतकेतु ! वह आत्मा तुम ही हो।" श्वेतकेतु बोला—"भगवन् ! और भी आगे समझाइए"। पिता बोले—"हाँ ठीक है सोम्य।"

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशः खण्डः

पुरुषꣳ सोम्योतोपतापिनं ज्ञातयः पर्युपासते जानासि मां जानासि मामिति तस्य यावन्न वाङ्मनसि सम्पद्यते मनः प्राणे प्राणस्तेजसि तेजः परस्यां देवतायां तावज्जानाति ॥1॥

"हे सोम्य ! ज्वरादि से सख्त तपे हुए आदमी को सब सगे-सम्बन्धी, 'मुझे पहचानते हो ? मुझे पहचानते हो ?'—ऐसा कहते हुए, उसे घेरकर बैठते हैं, तब उसकी वाणी मन में नहीं समा गई होती, मन प्राण में नहीं समाया होता, प्राण तेज में नहीं समाया होता, और तेज परमात्मा में नहीं समाया होता, तब तक वह पहचान पाता है।

अथ यदाऽस्य वाङ्मनसि सम्पद्यते मनः प्राणे प्राणस्तेजसि तेजः परस्यां देवतायामथ न जानाति ॥2॥

परन्तु, जब उसकी वाणी मन में, मन प्राण में, प्राण तेज में और तेज परमात्मा में समा जाता है, तब वह नहीं पहचान पाता।

स य एषोऽणिमैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति भूय एव मा भगवान् विज्ञापयत्विति तथा सोम्येति होवाच ॥3॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

"वह यह सूक्ष्मतम तत्त्व है, वह सर्व का स्रोत है, वह सत्य है, वह आत्मा है, हे श्वेतकेतु ! और तुम वही आत्मा हो"। तब श्वेतकेतु बोला—"हे भगवन् ! और भी ज्यादा मुझे बताइए।" पिता बोले—"ठीक है, सोम्य !"

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षोडशः खण्डः

पुरुषꣳ सोम्योत हस्तगृहीतमानयन्त्यपहार्षीत्स्तेयमहार्षीत्परशुमस्मै तपतेति स यदि तस्य कर्ता भवति तत एवानृतमात्मानं कुरुते सोऽनृताभिसन्धोऽनृतेनात्मानमन्तर्धाय परशुं तप्तं प्रतिगृह्णाति स दह्यतेऽथ हन्यते ॥1॥

"और हे सोम्य ! किसी पुरुष को हाथ बाँधकर (राजपुरुष) ले आते हैं और कहते हैं—"इसने चोरी की है। इसके लिए कुल्हाड़ी तपाओ। अगर इसने चोरी की है, फिर भी झूठ बोलता है कि मैं चोर नहीं हूँ, तो जब वह तपी हुई कुल्हाड़ी को छुएगा तो वह जलकर मृत्यु को प्राप्त हो जायेगा।

अथ यदि तस्याकर्ता भवति तत एव सत्यमात्मानं कुरुते स सत्याभिसन्धः सत्येनात्मानमन्तर्धाय परशुं तप्तं प्रतिगृह्णाति स न दह्यतेऽथ मुच्यते ॥2॥

और यदि उसने चोरी नहीं की है, तो उसी से ही वह अपने आत्मा को सच्चा कर देता है। सत्याश्रयी वह अपनी आत्मा को सत्य से ढँककर तपी हुई कुल्हाड़ी को छूता है, तो वह नहीं जलता और मुक्त हो जाता है।

स यथा तत्र नादाह्येतैतदात्म्यमिदꣳ सर्वं तत्सत्यꣳ स आत्मा तत्त्वमसि श्वेतकेतो इति तद्धास्य विजज्ञाविति विजज्ञाविति ॥3॥

इति षोडशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि षष्ठोऽध्यायः ॥6॥

जैसे वह सत्याश्रयी पुरुष तप्त कुल्हाड़ी से नहीं जलता है, वैसे ही वह सत्यात्मक ही सबकुछ है, वही सत् है, वही आत्मा है, और हे श्वेतकेतु ! वह आत्मा तुम ही हो। तब श्वेतकेतु ने कहा भगवन् ! मैं उस सत्यतत्त्व को समझ गया, समझ गया।

(यहाँ सोलहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् में छठा अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथ सप्तमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

अधीहि भगव इति होपसपाद सनत्कुमारं नारदस्तꣳ होवाच यद्वेत्थ तेन मोपसीद ततस्त ऊर्ध्वं वक्ष्यामीति स होवाच ॥1॥

एक बार नारद सनत्कुमार के पास गए और उनसे कहने लगे—"हे भगवन्! मुझे उपदेश दीजिए"। तब सनत्कुमार ने उनसे कहा—"पहले तुम जो कुछ जानते हो वह कहो, बाद में उससे आगे की बात कहूँगा।

ऋग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदꣳ सामवेदमाथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं पित्र्यꣳ राशिं दैवं निधिं वाकोवाक्यमेकायनं देवविद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्यां नक्षत्रविद्याꣳ सर्पदेवजन-विद्यामेतद्भगवोऽध्येमि ॥2॥

नारद ने कहा—"हे भगवन्! ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और चौथा अथर्ववेद मैं जानता हूँ। इतिहासपुराण रूप पाँचवाँ वेद, वेदों का वेद (व्याकरण), श्राद्धकल्प, गणितशास्त्र, दैव (उत्पात ज्ञान), निधिशास्त्र, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र, निरुक्त, शिक्षा-कल्पादि ब्रह्म (वेदांग) विद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, नक्षत्रविद्या, सर्प-देव-जन विद्या (अर्थात् गारुडीमंत्र, नृत्य, संगीत, शिल्पादि सभी विद्याएँ) मैं जानता हूँ।

सोऽहं भगवो मन्त्रविदेवास्मि नात्मविच्छ्रुतꣳ ह्येव मे भगवद्दृशेभ्यस्तरति शोकमात्मविदिति सोऽहं भगवः शोचामि तं मा भगवाञ्छोकस्य पारं तारयत्विति तꣳ होवाच यद्वै किंचैतदध्यगीष्ठा नामैवैतत् ॥3॥

"हे भगवन्! मैं केवल मंत्रवेत्ता ही हूँ, आत्मवेत्ता नहीं हूँ। मैंने आप जैसे लोगों से सुना है कि आत्मवेत्ता शोक को पार कर जाता है। और मैं तो शोक करता हूँ। हे भगवन्! कृपया मुझको शोक के पार लगा दीजिए।" तब सनत्कुमार ने नारद से कहा—यह जो कुछ तुम जानते हो (पढ़े हो) यह सब नाम ही है।

नाम वा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेद आथर्वणश्चतुर्थ इतिहासपुराणः पञ्चमो वेदानां वेदः पित्र्यो राशिर्दैवो निधिर्वाकोवाक्यमेकायनं देवविद्या ब्रह्म-विद्या भूतविद्या क्षत्रविद्या नक्षत्रविद्या सर्वदेवजनविद्या नामैवैतन्नामो-पास्वेति ॥4॥

यह ऋग्वेद नाम (सत् का एक नाम) है। यजुर्वेद, सामवेद और चौथा अथर्ववेद, पाँचवें वेद का स्वरूप इतिहास-पुराण, वेदों के वेद रूप व्याकरण, पितृविद्या, गणित, दैवविज्ञान, निधिशास्त्र, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र, निरुक्त, वेदांगविद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, नक्षत्रविद्या गारुड़ीमंत्रविद्या, नृत्यविद्या, संगीतकला, शिल्प आदि यह सभी विद्याएँ नाम हैं। नाम की उपासना करो।" (कहने का तात्पर्य यह है कि जिस तरह विष्णुबुद्धि से प्रतिमा की पूजा की जाती है, उसी तरह तुम नामों की—'यह ब्रह्म है' इस बुद्धि से उपासना करो)।

स यो नाम ब्रह्मेत्युपास्ते यावन्नाम्नो गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति

यो नाम ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवो नाम्नो भूय इति नाम्नो वाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥5॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

'यह नाम ब्रह्म है'—ऐसा समझकर जो उसकी उपासना करता है, वह जहाँ तक अर्थात् जिस देशकाल तक नाम की गति (विषय) होती है, वहाँ तक अपनी इच्छानुसार जा सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने पूछा—"नाम से कोई बड़ा है क्या?" सनत्कुमार बोले—"हाँ, नाम से बड़ा है।" तब नारद बोले—"भगवन्! वह मुझे कहिए।"

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयः खण्डः

वाग्वाव नाम्नो भूयसी वाग्वा ऋग्वेदं विज्ञापयति यजुर्वेदꣳ सामवेद-माथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं पित्र्यꣳ राशिं दैवं निधिं वाकोवाक्यमेकायनं देवविद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्यां नक्षत्रविद्याꣳ सर्पदेवजनविद्यां दिवं च पृथिवीं च वायुं चाकाशं चापश्च तेजश्च देवाꣳश्च मनुष्याꣳश्च पशूꣳश्च वयाꣳसि च तृणवनस्पतीञ्श्वापदान्याकीटपतङ्गपिपीलकं धर्मं चाधर्मं च सत्यं चानृतं च साधु चासाधु च हृदयङ्गं चाहृदयङ्गं च यद्वै वाङ्नाभविष्यन्न धर्मो नाधर्मो व्यज्ञापिष्यन्न सत्यं नानृतं न साधु नासाधु न हृदयङ्गो नाहृदयङ्गो वागेवैतत्सर्वं विज्ञापयति वाचमुपास्वेति ॥1॥

(हे नारद!) वाणी नाम से बड़ी है। वाणी ही ऋग्वेद को समझती है। यजुर्वेद, सामवेद और चौथे अथर्ववेद को, पाँचवें इतिहासपुराण को, वेदों के वेद समान व्याकरण को, श्राद्धकल्प को, गणित को, भविष्यविद्या को, निधिविद्या को, तर्कविद्या को, नीतिशास्त्र को, देवविद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या, क्षत्रविद्या, खगोलविद्या, सर्पविद्या, देवविद्या, मनुष्यविद्या को तथा स्वर्ग, पृथ्वी, वायु, आकाश, जल, तेज को तथा देवों, मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों को तथा घास, वनस्पतियों, हिंसक पशुओं को, कीट-जुगनू आदि से लेकर चींटी जैसे सब जन्तुओं को, धर्म, अधर्म, सत्य, असत्य, हृदयंगम पदार्थों या हृदय को अच्छे न लगने वाले पदार्थों को—सबको वाणी ही तो समझाती है। यदि वाणी नहीं होती तो धर्म या अधर्म समझाया नहीं जा सकता। सत्य-असत्य, भला-बुरा, हृदयंगम या अहृदयंगम—कुछ भी समझाया नहीं जा सकता। वाणी ही सब कुछ हमें समझाती है, इसलिए तुम वाणी की उपासना करो।"

'स यो वाचं ब्रह्मेत्युपास्ते यावद्वाचो गतं तत्रास्य यथा
यो वाचं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवो वाचो भूय इ
भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥
इति द्वितीयः खण्डः ॥

"जो वाणी को ब्रह्म समझकर उसकी उपासना करता है, वह जिस दे
गति है, वहाँ तक अपनी इच्छानुसार गति कर सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा क

"जिस वाणी को ब्रह्म समझ कर उपासना करता है, उस वाणी से बड़ा कोई है क्या ?" सनत्कुमार बोले—"हाँ बड़ा है ही।" तब नारद बोले—"भगवान् आप वही मुझे बताइए।"

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

मनो वाव वाचो भूयो यथा वै द्वे वामलके द्वे वा कोले द्वौ वाक्षौ मुष्टिरनुभवत्येवं वाचं च नाम च मनोऽनुभवति स यदा मनसा मनस्यति मन्त्रानधीयीयेत्यथाधीते कर्माणि कुर्वीतेत्यथ कुरुते पुत्राꣳश्च पशूꣳश्चेच्छेयेत्यथेच्छत इमं च लोकममुं चेच्छेयेत्यथेच्छते मनो ह्यात्मा मनो हि लोको मनो हि ब्रह्म मन उपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) मन वाणी से बड़ा है। जैसे कोई अपनी मुट्ठी में दो आँवले, दो बेर या दो बहेड़े रखता हो, वैसे ही मन में वाणी और नाम दोनों रहते हैं। पहले मनुष्य मन में सोचता है कि—"मैं मन्त्रपाठ करूँ", इसके बाद ही वह मन्त्रों को बोलता है। पहले सोचता है—"मैं कर्म करूँ", तभी वह कर्म करता है। "मैं पुत्रों और पशुओं को प्राप्त करूँ"—पहले ऐसी इच्छा करके ही वह पुत्रों और पशुओं को प्राप्त करता है। "मैं इस लोक या उस लोक को प्राप्त करूँ"—ऐसी पहले इच्छा करके ही वह उन्हें प्राप्त करता है। मन ही आत्मा है, मन ही लोक है, मन ही ब्रह्म है अतः मन की उपासना करो।

स यो मनो ब्रह्मेत्युपास्ते यावन्मनसो गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यो मनो ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवो मनसो भूय इति मनसो वाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

"जो मन को ब्रह्म समझकर उसकी उपासना करता है, वह जहाँ तक मन की गति है, वहाँ तक अपनी इच्छानुसार आ-जा सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने पूछा—"मन से बड़ा कोई है क्या ?" सनत्कुमार ने उत्तर दिया—"हाँ, है ही।" तब नारद ने कहा—"तब भगवान्, आप वही मुझसे कहिए।"

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

संकल्पो वाव मनसो भूतान्यदा वै संकल्पयतेऽथ मनस्यत्यथ वाचमीरयति तामु नाम्नीरयति नाम्नी मन्त्रा एकं भवन्ति मन्त्रेषु कर्माणि ॥1॥

(हे नारद !) संकल्प मन से बड़ा है। कोई भी पहले संकल्प करने के बाद ही सोचता है। बाद में वाणी बोलता है। वाणी को नाम (शब्द) रूप से बाहर निकालता है, और उन्हीं शब्दों से मंत्र बनता है, और मंत्रों में क्रिया की प्रेरणा निहित ही है।

तानि ह वा एतानि संकल्पैकायनानि संकल्पात्मकानि संकल्पे प्रतिष्ठितानि समक्लृपतां द्यावापृथिवी समकल्पेतां वायुश्चाकाशं च समक-

ल्पन्तामापश्च तेजश्च तेषाꣳ संक्लृप्त्यै वर्षꣳ संकल्पते वर्षस्य संक्लृप्त्या अन्नꣳ संकल्पतेऽन्नस्य संक्लृप्त्यै प्राणाः संकल्पन्ते प्राणानाꣳ संक्लृप्त्यै मन्त्रा संकल्पन्ते मन्त्राणाꣳ संक्लृप्त्यै कर्माणि संकल्पन्ते कर्मणाꣳ संक्लृप्त्यै लोकः संकल्पते लोकस्य संक्लृप्त्यै सर्वꣳ संकल्पते स एष संकल्पः संकल्पमुपास्स्वेति ॥2॥

"मन, वाणी आदि सब संकल्प में ही लीन होनेवाले, संकल्पमय तथा संकल्प में ही रहनेवाले होते हैं। मानो स्वर्ग और पृथ्वी ने संकल्प किया हो, आकाश और पृथ्वी ने संकल्प किया हो, जल और तेज ने भी संकल्प किया हो—ऐसा लग रहा है। उन्हीं सबके संकल्प से ही मानो वर्षा बरसती है, वर्षा के संकल्प से अन्न होता है, अन्न के संकल्प से प्राण होता है, प्राण के संकल्प से मंत्र होते हैं, मन्त्रों के संकल्प से क्रियाएँ होती हैं, क्रियाओं के संकल्प से फल उत्पन्न होता है, फल के संकल्प से ही सारा जगत् संकल्प करता है। इस प्रकार संकल्प ही बड़ा है, इसलिए संकल्प को ही ब्रह्म मानकर उसकी उपासना करो।

स यः संकल्पं ब्रह्मेत्युपास्ते क्लृप्तान्वै स लोकान् ध्रुवान् ध्रुवः प्रतिष्ठितान् प्रतिष्ठितोऽव्यथमानानव्यथमानोऽभिसिध्यति यावत्संकल्पस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यः संकल्पं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवः संकल्पाद्भूय इति संकल्पाद्भाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥3॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

"संकल्प को ब्रह्म समझकर जो उसकी उपासना करता है, वह स्थायी, प्रतिष्ठित, पीड़ारहित लोकों को स्वयं में स्थिर, स्वयं में प्रतिष्ठित और स्वयं में व्यथारहित होकर प्राप्त करता है। जहाँ तक संकल्प की गति होती है वहाँ तक (उस देशकाल तक) इस संकल्पब्रह्म के उपासक की भी इच्छानुसार गति होती है।" सनत्कुमार ने ऐसा कहा। तब नारद बोले—"हे भगवन् संकल्प से भी कोई बड़ा है क्या ?" तब सनत्कुमार बोले—"हाँ, है ही" तब नारद फिर बोले—"तो भगवान्, उसे आप मुझे कहिए।"

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

चित्तं वाव संकल्पाद्भूयो यदा वै चेतयतेऽथ संकल्पयतेऽथ मनस्यत्यथ वाचमीरयति तामु नाम्नीरयति नाम्नि मन्त्रा एकं भवन्ति मन्त्रेषु कर्माणि ॥1॥

(हे नारद !) चित्त ही संकल्प से बड़ा है। मनुष्य जब कुछ जानता है तभी संकल्प करता है, बाद में सोचता है, फिर बोलता है, उस बोलने में नाम बोले जाते हैं, उन नामों में शब्द इकट्ठे होते हैं और शब्दों में (मंत्रों में) क्रियाएँ रहती हैं।

तानि ह वा एतानि चित्तैकायनानि चित्तात्मानि चित्ते प्रतिष्ठितानि तस्माद्यद्यपि बहुविदचित्तो भवति नायमस्तीत्येवैनमाहुर्यदयं वेद यद्वा अयं विद्वान्नेत्थमचित्तः स्यादित्यथ यद्यल्पविच्चित्तवान्भवति तस्मा

एवोत शुश्रूषन्ते चित्तꣳह्येवैषामेकायनं चित्तमात्मा चित्तं प्रतिष्ठा चित्त-मुपास्स्वेति ॥2॥

ये संकल्पादि सब चित्त में ही समा जानेवाले, चित्त से ही उदित होनेवाले, चित्त में ही रहनेवाले हैं। अत: यदि कोई मनुष्य बहुत जाननेवाला होने पर भी चित्तवाला न हो तो लोग "उसमें कुछ भी नहीं है"—ऐसा समझेंगे। भले ही वह विद्वान् और बहुत जाननेवाला क्यों न हो ! परन्तु यदि वह कम जाननेवाला भले ही हो, किन्तु चित्तवाला (भानवाला) हो, तो लोग उसे सुनते हैं। अन्त में संकल्पादि सब चित्त में ही समा जाते हैं, चित्त से उत्पन्न होते हैं, चित्त में ही रहते हैं। अत: चित्त को ही ब्रह्म समझकर उसकी उपासना करो।

स यश्चित्तं ब्रह्मेत्युपास्ते चित्तान्वै स लोकान् ध्रुवान् ध्रुवः प्रतिष्ठितान् प्रतिष्ठितोऽव्यथमानानव्यथमानोऽभिसिद्ध्यति यावच्चित्तस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यश्चित्तं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवंश्चित्ताद्भूय इति चित्ताद्भाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥3॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

"जो मनुष्य चित्त को ही ब्रह्म समझकर उसकी उपासना करता है, वह नित्य, बुद्धियुक्त, स्थायी और पीड़ारहित लोकों को प्राप्त होता है और स्वयं भी नित्य, स्थिर, पीड़ारहित होता है। और जहाँ तक चित्त की गति हो सकती है, वहाँ तक वह अपनी इच्छानुसार जा सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने कहा—"भगवन्, चित्त से बड़ा कोई है क्या ?" तब सनत्कुमार ने कहा—"हाँ, चित्त से बड़ा है"। तब नारद बोले—"आप भगवान्, मुझे इसका उपदेश दीजिए।"

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ)

❋

षष्ठः खण्डः

ध्यानं वाव चित्ताद्भूयो ध्यायतीव पृथिवी ध्यायतीवान्तरिक्षं ध्यायतीव द्यौर्ध्यायन्तीवापो ध्यायन्तीव पर्वता ध्यायन्तीव देवमनुष्यास्तस्माद्य इह मनुष्याणां महत्तां प्राप्नुवन्ति ध्यानापादाꣳशा इवैव ते भवन्त्यथ येऽल्पाः कलहिनः पिशुना उपवादिनस्तेऽथ ये प्रभवो ध्यानापादाꣳशा इवैव ते भवन्ति ध्यानमुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) ध्यान चित्त से बड़ा है। ऐसा लगता है कि मानो पृथ्वी ध्यान करती हो, अन्तरिक्ष ध्यान कर रहा हो, स्वर्ग ध्यान कर रहा हो, जल ध्यान कर रहा हो, पर्वत भी मानो ध्यान कर रहे हों, देव और मनुष्य भी ध्यान कर रहे हों, ऐसा लगता है। इस लोक में मनुष्यों में जो महत्ता को प्राप्त करते हैं, वे मानो ध्यान के अंश का ही लाभ पाते हैं। और जो क्षुद्र होते हैं, वे तो झगड़ालू, चुगलीखोर, दूसरों को उनका दोष बतानेवाले होते हैं। पर जो शक्तिशाली (समर्थ) होते हैं, वे भी ध्यानांश के लाभ को ही प्राप्त करनेवाले होते हैं। अत: ध्यान को ब्रह्म मानकर उसकी उपासना करो।

स यो ध्यानं ब्रह्मत्युपास्ते यावद्ध्यानस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यो ध्यानं ब्रह्मत्युपास्तेऽस्ति भगवो ध्यानाद्भूय इति ध्यानाद्भाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति षष्ठः खण्डः ॥

"जो ध्यान को ब्रह्म समझकर उपासना करता है, वे उनकी स्वेच्छानुसार गति के अनुरूप उनके ध्यान की गति हो जाती है"। सनत्कुमार के इन वचनों को सुनकर नारद ने पूछा—"हे भगवन् ! ध्यान से बड़ा कुछ है क्या ?" सनत्कुमार बोले—"हाँ, है तो !" नारद बोले—"तो भगवन्, ऐसे आप मुझे उसका उपदेश दीजिए।

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

विज्ञानं वाव ध्यानाद्भूयो विज्ञानेन वा ऋग्वेदं विजानाति यजुर्वेदꣳसामवेदमाथर्वणं चतुर्थमितिहासपुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं पित्र्यꣳ राशिं दैवं निधिं वाकोवाक्यमेकायनं देवविद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्यां नक्षत्रविद्याꣳ सर्पदेवजनविद्यां दिवं च पृथिवीं च वायुं चाकाशं चापश्च तेजश्च देवाꣳश्च मनुष्याꣳश्च पशूꣳश्च वयाꣳसि च तृणवनस्पतीञ्श्वापदान्याकीटपतङ्गपिपीलकं धर्मं चाधर्मं च सत्यं चानृतं च साधु चासाधु च हृदयङ्गं चाहृदयङ्गं चान्नं च रसं चेमं च लोकममुं च विज्ञानेनैव विजानाति विज्ञानमुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) विज्ञान ध्यान से बड़ा है। विज्ञान से ऋग्वेद समझा जाता है। यजुर्वेद, सामवेद, चौथा अथर्ववेद, इतिहास-पुराण, व्याकरण, श्राद्धकल्प, गणित, उत्पातविद्या, निधिशास्त्र, तर्कशास्त्र, नीतिशास्त्र, व्युत्पत्तिशास्त्र, वेदविद्या, भूततंत्र, धनुर्विद्या, खगोलशास्त्र, सर्पविद्या, संगीतादि देवविद्या, मनुष्यविद्या आदि को समझा जाता है। तदुपरान्त देवों, मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों, घास-वनस्पतियों, हिंसक प्राणियों को, धर्म, अधर्म, सत्य, असत्य, अच्छे-बुरे को, मनोज्ञ या अमनोज्ञ पदार्थों को, अन्न, रस तथा इस लोक को और परलोक को—सभी को 'विज्ञान' द्वारा ही तो जाना जा सकता है इसलिए 'विज्ञान' को ही ब्रह्म समझ उसकी उपासना करो।

स यो विज्ञानं ब्रह्मेत्युपास्ते विज्ञानवतो वै स लोकाञ्ज्ञानवतोऽभि-सिद्ध्यति। यावद्विज्ञानस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति। यो विज्ञानं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवो विज्ञानाद्भूय इति विज्ञानाद्भाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति सप्तमः खण्डः ॥

"इस प्रकार जो विज्ञान को ब्रह्म मानकर उसकी उपासना करता है, वह विज्ञानवाले और ज्ञानवाले लोकों को प्राप्त करता है, और जहाँ तक विज्ञान की गति है, वहाँ तक वह अपनी इच्छा के अनुसार परिसरण कर सकता है।" सनत्कुमार का यह कथन सुनकर नारद ने पूछा—"भगवन्, विज्ञान से भी बड़ा कोई है क्या ?" सनत्कुमार ने कहा—"हाँ, है तो !" तब नारद बोले—"तो भगवन्, आप मुझे उसी का उपदेश दीजिए।"

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

बलं वाव विज्ञानाद्भूयोऽपि ह शतं विज्ञानवतामेको वलवानाकम्पयते स यदा बली भवत्यथोत्थाता भवत्युत्तिष्ठन्परिचरिता भवति परिचरन्नुपसत्ता भवत्युपसीदन्द्रष्टा भवति श्रोता भवति मन्ता भवति बोद्धा भवति कर्ता भवति विज्ञाता भवति बलेन वै पृथिवी तिष्ठति बलेनान्तरिक्षं बलेन द्यौर्बलेन पर्वता बलेन देवमनुष्या बलेन पशवश्च वयाꣳसि च तृणवनस्पतयः श्वापदान्याकीटपतङ्गपिपलीकं बलेन लोकस्तिष्ठतिं बलमुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) बल विज्ञान से बड़ा है। सौ विज्ञानवालों को एक ही बलवान कँपा देता है। वह यदि बलवान होता है तो उठ सकता है, उठकर सेवा कर सकता है, सेवा कर आचार्य के पास जा सकता है, देख सकता है, उपदेश सुन सकता है, सोच सकता है, जान सकता है, काम कर सकता है, कर्मफल भोग सकता है, बल से ही यह पृथ्वी टिकी है, बल से ही आकाश, स्वर्ग, पर्वत, देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, घास, वनस्पति, हिंसक पशु, कीड़े, जुगनू, चींटी तक के जन्तु सब स्थिर रह सकते हैं। समग्र जगत् बल से ही स्थिर रह सकता है। इसलिए 'बल' को ही ब्रह्म समझकर उसकी उपासना करो।

स यो बलं ब्रह्मेत्युपास्ते यावद्बलस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यो बलं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवो बलाद्भूय इति बलाद्वाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

"जो बल को ब्रह्म मानकर उपासना करता है, वह जहाँ तक बल की गति है, वहाँ तक अपनी इच्छा के अनुसार जा सकता है।" सनत्कुमार का यह वचन सुनकर नारद बोले—"भगवन्! बल से कोई बड़ा है?" सनत्कुमार बोले—"हाँ, है तो!" नारद ने कहा—"तो फिर आप मुझे उसी का उपदेश दीजिए।"

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

अन्नं वाव बलाद्भूयस्तस्माद्यद्यपि दशरात्रीर्नाश्नीयाद्यद्यु ह जीवेदथवाऽद्रष्टाऽश्रोताऽमन्ताऽबोद्धाऽकर्ताऽविज्ञाता भवत्यथाऽन्नस्यायै द्रष्टा भवति श्रोता भवति मन्ता भवति बोद्धा भवति कर्ता भवति विज्ञाता भवत्यन्नमुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) अन्न बल से बड़ा है, अतः यदि कोई दस रात तक खाए नहीं और वह जीवित रहे तो वह देख नहीं सकता, सुन नहीं सकता, सोच नहीं सकता, समझ नहीं सकता, कुछ कर नहीं सकता, कुछ भोग नहीं सकता। पर यदि अन्न प्राप्त हो तो वह देख सकता है, सुन सकता है, सोच सकता है, जान सकता है, काम कर सकता है, कर्मफल भोग सकता है। अतः अन्न की ब्रह्मभाव से उपासना करो।

स योऽन्नं ब्रह्मेत्युपास्तेऽन्नवतो वै स लोकान्पानवतोऽभिसिद्ध्यति यावदन्नस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति योऽन्नं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवोऽन्नाद्भूय इत्यन्नाद्वाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति नवमः खण्डः ॥

"जो इस प्रकार अन्न की ब्रह्मभाव से उपासना करता है, वह अन्नवाले और पानवाले लोकों को प्राप्त होता है।"—सनत्कुमार का ऐसा वचन सुनकर नारद ने पूछा—"हे भगवन्! अन्न से बड़ा कोई है?" सनत्कुमार ने कहा—"हाँ भाई! है ही।" तब नारद बोले—"तो आप भगवान्! उसके बारे में ही मुझे कहिए।"

(यहाँ नौवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

आपो वावान्नाद्भूयस्तस्माद्यदा सुवृष्टिर्न भवति व्याधीयन्ते प्राणा अन्नं कनीयो भविष्यतीत्यथ यदा सुवृष्टिर्भवत्यानन्दिनः प्राणा भवन्त्यन्नं बहु भविष्यतीत्याप एवेमा मूर्ता येयं पृथिवी यदन्तरिक्षं यद् द्यौर्यत्पर्वता यद्देवमनुष्या यत्पशवश्च वयाꣳसि च तृणवनस्पतयः श्वापदान्याकीटपतङ्गपिपीलकमाप एवेमा मूर्ता अप उपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) जल अन्न से बड़ा है। अतः जब अच्छी वर्षा नहीं होती तब 'अन्न कम होगा'—ऐसा समझ कर प्राण व्यथित होने लगते हैं, और जब वर्षा अच्छी होती है, तब 'बहुत अन्न होगा'—ऐसा समझकर प्राण आनन्दित हो जाते हैं। जल ही विविध मूर्त रूप धारण करके पृथ्वी, आकाश, स्वर्ग, पर्वत, देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, घास, वनस्पति, हिंसक पशु, कीड़े, जुगनू और चींटी तक के जन्तु बनता है। इसलिए जल को ही ब्रह्म समझकर उसकी उपासना करो।

स योऽपो ब्रह्मेत्युपास्त आप्नोति सर्वान्कामाꣳस्तृप्तिमान्भवति यावदपां गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति योऽपो ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवोद्भ्यो भूय इत्यद्भ्यो वा भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति दशमः खण्डः ॥

"जो पुरुष जल की ब्रह्मभाव से उपासना करता है वह सभी इच्छाओं को प्राप्त करता है। और तृप्त हो जाता है।" सनत्कुमार का यह वचन सुनकर नारद बोले—"भगवन्! जल से बड़ा कोई है क्या?" सनत्कुमार ने कहा—"हाँ भाई! है तो सही।" तब नारद बोले—"हे भगवन्! आप मुझे उसी का उपदेश दीजिए।"

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

तेजो वावाद्भ्यो भूयस्तद्वा एतद्वायुमागृह्याकाशमभितपति तदाहुर्निशोचति नितपति वर्षिष्यति वा इति तेज एव तत्पूर्वं दर्शयित्वाऽथापः सृजते तदेतदूर्ध्वाभिश्च तिरश्चीभिश्च विद्युद्भिराह्वादाश्चरन्ति तस्मादाहुर्विद्योतते

स्तनयति वर्षिष्यति वा इति तेज एव तत्पूर्वं दर्शयित्वाऽथापः सृजते तेज उपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) तेज जल से बड़ा है। यह तेज ही वायु को निगृहीत करके (निश्चल बनाकर) आकाश को सर्वत: तपाता है। इसीलिए लोग कहते हैं कि गरमी होती है, बड़ा ताप होता है, बरसात आएगी। तेज ही पहले अपने आपको दिखाकर बाद में जल को उत्पन्न करता है। ऊँची-सीधी और बाँकी विद्युत् के साथ गड़गड़ाहट होती है। इससे लोग कहते हैं कि बिजली चमकती है, गड़गड़ाहट होती है, वर्षा होगी ऐसा लगता है। तेज पहले अपने आपको बताकर बाद में जल को उत्पन्न करता है। अत: तेज की उपासना करो।

स यस्तेजो ब्रह्मेत्युपास्ते तेजस्वी वै स तेजस्वतो लोकान्भास्वतोऽपहततमस्कानभिसिध्यति यावत्तेजसो गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यस्तेजो ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवस्तेजसो भूय इति तेजसो वाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

"जो तेज की ब्रह्मबुद्धि से उपासना करता है वह तेजस्वी होकर तेजवाले और अन्धकार को दूर करनेवाले लोकों को प्राप्त करता है। और जहाँ तक तेज की गति है, वहाँ तक अपनी इच्छानुसार विचरण कर सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा कहने पर पर नारद ने पूछा—"भगवन् ! तेज से बड़ा कोई है क्या ?" तब सनत्कुमार ने कहा—"हाँ भाई, है न ?" तब नारद ने कहा—"तो इसी का आप भगवान् ! मुझे उपदेश दीजिए।"

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

आकाशो वाव तेजसो भूयानाकाशे वै सूर्याचन्द्रमसावुभौ विद्युन्नक्षत्राण्यग्निराकाशेनाह्वयत्याकाशेन शृणोत्याकाशेन प्रतिशृणोत्याकाशे रमत आकाशे न रमत आकाशे जायत आकाशमभिजायत आकाशमुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) आकाश तेज से बड़ा है। सूर्य-चन्द्र दोनों तथा अग्नि, नक्षत्र और विद्युत्—ये सब आकाश में ही रहते हैं। आकाश है, इसीलिए किसी को बुलाया जा सकता है। आकाश है, इसीलिए सुना जा सकता है। आकाश में ही एक-दूसरे के साथ क्रीड़ा की जा सकती है। और आकाश में ही मनुष्य क्रीड़ा नहीं करता (दु:ख सहन करता है)। प्राणी आकाश में ही जन्मता है, आकाश में ही बढ़ता है, इसलिए आकाश की ही ब्रह्मभाव से उपासना करो।

स य आकाशं ब्रह्मेत्युपास्त आकाशवतो वै स लोकान्प्रकाशवतोऽसम्बाधानुरुगायवतोऽभिसिध्यति यावदाकाशस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति य आकाशं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगव आकाशाद्धूय इत्याकाशाद्भाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

"जो कोई आकाश की ब्रह्मभाव से उपासना करता है, वह आकाश जैसे विस्तृत, प्रकाशवान और किसी भी प्रकार की बाधा न हो, ऐसे लोकों को प्राप्त करता है। और जहाँ तक आकाश की गति है, वहाँ तक वह अपनी इच्छानुसार विचरण कर सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने पूछा—"आकाश से बड़ा कोई तत्त्व है क्या ?" तब सनत्कुमार ने कहा—"हाँ भाई, है तो।" तब नारद बोले—"तो भगवन् ? उसी को आप मुझे बताइये।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूर्ण हुआ।)

❋

त्रयोदशः खण्डः

स्मरो वावाकाशाद्भूयस्तस्माद्यद्यपि बहव आसीरन्न स्मरन्तो नैव ते कंचन शृणयुर्न मन्वीरन्न विजानीरन् यदा वाव ते स्मरेयुरथ शृणुयुरथ मन्वीरन्नथ विजानीरन् स्मरेण वै पुत्रान्विजानाति स्मरेण पशून् स्मरमुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) स्मरण आकाश से भी बड़ा है। क्योंकि यदि बहुत से मानव उपस्थित हों और वे कुछ याद न कर सकते हों, तो वे न कुछ सुन सकते हैं, न सोच ही सकते हैं। वे कुछ जान ही नहीं सकते। परन्तु, यदि वे स्मरण कर सकते हैं, तब एक-दूसरे को सुन सकते हैं, सोच सकते हैं, जान सकते हैं। स्मरण से ही पुत्रों को और पशु आदि को जाना जा सकता है। इसलिए स्मरण की ब्रह्मरूप से उपासना करो।

स यः स्मरं ब्रह्मेत्युपास्ते यावत्स्मरस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति यः स्मरं ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगवः स्माराद्भूय इति स्मराद्भाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

"जो स्मरण की ब्रह्मबुद्धि से उपासना करता है, वह जहाँ तक स्मरण की गति है, वहाँ तक अपनी इच्छा के अनुसार रह सकता है।" सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने पूछा—"भगवन् ! स्मरण से भी कोई बड़ा है क्या ?" सनत्कुमार बोले—"हाँ है तो।" तब नारद बोले— "तो भगवन् ! मुझे इसका उपदेश दीजिए।"

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

आशा वाव स्माराद्भूयस्याशेद्धो वै स्मरो मन्त्रानधीते कर्माणि कुरुते पुत्राश्च पशूश्चेच्छत इमं च लोकममुं चेच्छत आशामुपास्स्वेति ॥1॥

(हे नारद !) आशा स्मरण से बड़ी है। आशा से वर्धित स्मरण ही मंत्रों को पढ़ता है, कर्म करता है, पुत्रों को और पशुओं की इच्छा करता है। इस लोक की और परलोक की इच्छा करता है। इसलिए आशा की ब्रह्मभाव से उपासना करो।

स य आशां ब्रह्मेत्युपास्त आशयास्य सर्वे कामाः समृद्धन्त्यमोघा हास्याशिषो भवन्ति यावदाशाया गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति य आशां

ब्रह्मेत्युपास्तेऽस्ति भगव आशाया भूय इत्याशाया वाव भूयोऽस्तीति तन्मे भगवान्ब्रवीत्विति ॥2॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

"जो आशा की ब्रह्मभाव से उपासना करता है, तो इस आशा से उसकी सभी कामनाएँ समृद्ध होती हैं। उसकी दी हुई आशिषें सफल होती हैं। जहाँ तक आशा की गति हैं, वहाँ तक वह अपनी इच्छानुसार रह सकता है"। सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने पूछा—"भगवन्! आशा से भी बड़ा पदार्थ कोई है क्या?" सनत्कुमार ने कहा—"हाँ, है ही।" तब नारद बोले—"हे भगवन्। तब उसी को आप मुझे कहिए।"

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशः खण्डः

प्राणो वा आशाया भूयान्यथा वा अरा नाभौ समर्पिता एवमस्मिन् प्राणे सर्वꣳ समर्पितं प्राणः प्राणेन याति प्राणः प्राणं ददाति प्राणाय ददाति प्राणो ह पिता प्राणो माता प्राणो भ्राता प्राणः स्वसा प्राण आचार्यः प्राणो ब्राह्मणः ॥1॥

(हे नारद!) प्राण ही आशा से बड़ा है। जिस तरह रथ के पहियों की नाभि में आरे लगे हुए होते हैं, इसी प्रकार इस प्राण में सारा जगत् अनुस्यूत हुआ है (आधारित रहता है)। प्राण अपनी शक्ति से ही चलता है, प्राण ही प्राण को देता है, प्राण के लिए देता है। प्राण ही पिता, माता, भाई, बहन, आचार्य और ब्राह्मण है।

स यदि पितरं वा मातरं वा भ्रातरं वा स्वसारं वाचार्यं वा ब्राह्मणं वा किंचिद् भृशमिव प्रत्याह धिक्त्वाऽस्त्वित्येवैनमाहुः। पितृहा वै त्वमसि मातृहा वै त्वमसि भ्रातृहा वै त्वमसि स्वसृहा वै त्वमस्याचार्यहा वै त्वमसि ब्राह्मणहा वै त्वमसीति ॥2॥

यदि कोई पिता, माता, भाई, बहन, आचार्य या ब्राह्मण को न कहने योग्य कुछ बात कहे, तो उसके आसपास के लोग 'तुझे धिक्कार है'—ऐसा ही कहेंगे। और कहेंगे कि "तू तो पितृघाती, मातृघाती, भ्रातृघाती, बहन का हत्यारा, या आचार्य का घातक है।"

अथ यद्यप्येनानुत्क्रान्तप्राणान् शूलेन समासं व्यतिषं दहेन्नैवैनं ब्रूयुः पितृहासीति न मातृहासीति न भ्रातृहासीति न स्वसृहासीति नाचार्यहासीति न ब्राह्मणहासीति ॥3॥

परन्तु वही पुरुष मरे हुए (प्राण निकले हुए) पिता आदि को शूल से एकत्रित करके अर्थात् सँड़से से इकट्ठा करके अग्नि में जला देता है, तो कोई भी उसे पितृघातक, मातृघातक, बन्धुघातक, भगिनीघातक, आचार्यघातक या ब्राह्मणघातक नहीं कहता।

प्राणो ह्येवैतानि सर्वाणि भवति स वा एष एवं पश्यन्नेवं मन्वान एवं विजानन्नतिवादी भवति तं चेद्ब्रूयुरतिवाद्यसीत्यतिवाद्यस्मीति ब्रूयान्नापह्नुवीत ॥4॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

इसीलिए ये सब (माता-पिता आदि) प्राण के ही रूप हैं। प्राण को समझनेवाला मनुष्य ऐसा अनुभव करके, सोच-समझ करके, मन में निश्चय करके कह देता है कि "मैं ही प्राण हूँ।" अगर कोई उसे कहे कि "तुम तो ज्यादा बोल देते हो—तुम अतिवादी हो" तो उसे कहना चाहिए कि—"हाँ, मैं वास्तव में अतिवादी हूँ।" उसे इस तथ्य को स्वीकार कर लेना चाहिए।

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षोडशः खण्डः

एष तु वा अतिवदति यः सत्येनातिवदति सोऽहं भगवः सत्येनातिवदानीति सत्यं त्वेव विजिज्ञासितव्यमिति सत्यं भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इति षोडशः खण्डः ॥

"जो सत्य के लिए (पारमार्थिक सत्य के लिए, आत्म विज्ञान के लिए) अतिवाद करता है वही सच्चा अतिवाद करता है अर्थात् निर्भयता से निश्चयपूर्वक बोल देता है।" ऐसा सनत्कुमार ने कहा। तब नारद बोले—"भगवन्! मैं भी इस आत्मविज्ञान के लिए ही अतिवाद करता हूँ।" तब सनत्कुमार बोले—"पहले तो आत्मविज्ञान का वह सत्य ही समझ लेना चाहिए।" तब नारद बोले—"भगवन्! मैं उस सत्य को समझना चाहता हूँ।"

(यहाँ सोलहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तदशः खण्डः

यदा वै विजानात्यथ सत्यं वदति नाविजानन् सत्यं वदति विजानन्नेव सत्यं वदति विज्ञानं त्वेव विजिज्ञासितव्यमिति विज्ञानं भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इति सप्तदशः खण्डः ॥

(हे नारद!) जब सत्य को अच्छी तरह से समझ लिया जाता है, तभी सत्य बोला जाता है। अच्छी तरह से सत्य को नहीं जानने वाला सत्य नहीं बोल सकता। सत्य को अच्छी तरह जाननेवाला ही सत्य बोलता है। सत्य के विशेषज्ञान को ही जानने की इच्छा करनी चाहिए है। तब नारद बोले—"भगवन्! उस विशेषज्ञान को जानने की मैं इच्छा करता हूँ।

(यहाँ सत्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टादशः खण्डः

यदा वै मनुतेऽथ विजानाति नामत्वा विजानाति मत्वैव विजानाति मतिस्त्वेव विजिज्ञासितव्येति मतिं भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इत्यष्टादशः खण्डः ॥

सनत्कुमार बोले—मनन करके (सोचकर के) ही मनुष्य पदार्थ को ठीक-ठाक समझ सकता है। बिना सोचे वस्तु समझी नहीं जा सकती। मति (मनन - विचार) की ही जिज्ञासा करनी चाहिए।" तब नारद बोले—"भगवन्! मैं उस मति को (मनन-विचार को) जानने की जिज्ञासा करता हूँ।"

(यहाँ अठारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकोनविंशः खण्डः

यदा वै श्रद्दधात्यथ मनुते नाश्रद्दधन्मनुते श्रद्दधन्नेव मनुते श्रद्धा त्वेव विजिज्ञासितव्येति श्रद्धां भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इत्येकोनविंशः खण्डः ॥

"मनुष्य जब श्रद्धा करता है, तभी सोच सकता है। श्रद्धा किए बिना सोचता नहीं है। श्रद्धा करके ही सोचता है, श्रद्धा जानने की इच्छा करनी चाहिए।" सनत्कुमार का यह कथन सुनकर नारद बोले—"भगवन्! मैं श्रद्धा को जानना चाहता हूँ"।

(यहाँ उन्नीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

विंशः खण्डः

यदा वै निस्तिष्ठत्यथ श्रद्दधाति नानिस्तिष्ठञ्छ्रद्दधाति निस्तिष्ठन्नेव श्रद्दधाति निष्ठा त्वेव विजिज्ञासितव्येति निष्ठां भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इति विंशः खण्डः ॥

"मनुष्य जब निष्ठा (एकाग्रता) रखता है, तभी श्रद्धा रख सकता है, निष्ठा के बिना श्रद्धा नहीं रख सकता। निष्ठा रखते हुए ही श्रद्धा रखता है अतः निष्ठा की जिज्ञासा करनी चाहिए।" सनत्कुमार का यह कथन सुनकर नारद बोले—"भगवन्! मैं निष्ठा जानना चाहता हूँ।"

(यहाँ बीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकविंशः खण्डः

यदा वै करोत्यथ निस्तिष्ठति नाकृत्वा निस्तिष्ठति कृत्वैव निस्तिष्ठति कृतिस्त्वेव विजिज्ञासितव्येति कृतिं भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इत्येकविंशः खण्डः ॥

"मनुष्य जब इन्द्रियसंयम और मनोनिग्रह के लिए कोई कार्य करता है, तभी वह निष्ठा (एकाग्रता) रख सकता है। इन्द्रियसंयम या मनोनिग्रह किए बिना श्रद्धा नहीं रख सकता। मनोनिग्रह और इन्द्रियसंयम करके ही श्रद्धा करता है"। सनत्कुमार के ऐसा कहने पर नारद ने कहा—"भगवन्! मैं इन्द्रियों और मन के निग्रह को जानना चाहता हूँ।"

(यहाँ इक्कीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वाविंशः खण्डः

यदा वै सुखं लभतेऽथ करोति नासुखं लब्ध्वा करोति सुखमेव लब्ध्वा करोति सुखं त्वेव विजिज्ञासितव्यमिति सुखं भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इति द्वाविंशः खण्डः ॥

"जब मनुष्य सुख प्राप्त करता है, तभी क्रिया करता है। सुख को प्राप्त किए बिना क्रिया नहीं की जाती। सुख प्राप्त किए जाने से ही मनुष्य क्रिया करता है। इसलिए सुख की जिज्ञासा करनी चाहिए।" सनत्कुमार का यह कथन सुनकर नारद ने कहा—"भगवन्! मैं सुख को जानना चाहता हूँ।"

(यहाँ बाईसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

त्रयोविंशः खण्डः

यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति भूमैव सुखं भूमा त्वेव विजिज्ञासितव्य इति भूमानं भगवो विजिज्ञास इति ॥1॥

इति त्रयोविंशः खंण्डः ॥

सनत्कुमार ने कहा—"जो भूमा है (विशालता है) वही सुख है, अल्प में (कम में या संकुचितता में) सुख नहीं है इसलिए भूमा को (विशालता का) समझना चाहिए।" तब नारद बोले—"हे भगवन्! मैं विशालता को समझना चाहता हूँ।"

(यहाँ तेईसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्विंशः खण्डः

यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमाऽथ यत्रान्यत्पश्यत्यन्यच्छृणोत्यन्यद्विजानाति तदल्पं यो वै भूमा तदमृतमथ यदल्पं तन्मर्त्यꣳ स भगवः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नि यदि वा न महिम्नीति ॥1॥

सनत्कुमार बोले—"जब मनुष्य किसी को अपने से अलग नहीं देखता, अलग नहीं सुनता, अलग नहीं जानता, वही भूमा (वही विशालता) है। जब मनुष्य दूसरे को अपने से अलग देखता है, अलग सुनता है, अलग समझता है, वही अल्पता है (संकुचितता है)। जो भूमा है वह अमृत है और जो अल्प है वह मर्त्य (विनाशी) है।" तब नारद बोले—"हे भगवन्! वह भूमा किसमें प्रतिष्ठित है?" सनत्कुमार ने कहा—वह अपनी महिमा में ही प्रतिष्ठित है, अथवा यों कहें कि वह अपनी महिमा में भी नहीं रहता। अर्थात् वह किसी पर भी आधारित नहीं है।

गोअश्वमिह महिमेत्याचक्षते हस्तिहिरण्यं दासभार्यं क्षेत्राण्यायतनानीति नाहमेवं ब्रवीमि ब्रवीमीति होवाचान्यो ह्यन्यस्मिन्प्रतिष्ठित इति ॥2॥

इति चतुर्विंशः खण्डः ॥

इस जगत् में कुछ लोग गायों को और घोड़ों को 'महिमा' कहते हैं। हाथी, सोना, दास-दासियाँ, स्त्रियाँ, खेतीबाड़ी, घर इत्यादि को भी कुछ लोग 'महिमा' मानते हैं, पर मैं ऐसा नहीं कहता। मैं तो कहता हूँ कि ये बताए गए पदार्थ अन्य में अर्थात् भूमा में ही प्रतिष्ठित हैं, भूमा किसी में प्रतिष्ठित नहीं है।

(यहाँ चौबीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चविंशः खण्डः

स एवाधस्तात्स उपरिष्टात्स पश्चात्स पुरस्तात्स दक्षिणतः स उत्तरतः स एवेदꣳसर्वमित्यथातोऽहङ्कारादेश एवाहमेवाधस्तादहमुपरिष्टादहं पश्चादहं पुरस्तादहं दक्षिणतोऽहमुत्तरतोऽहमेवेदꣳ सर्वमिति ॥1॥

"वह भूमा ही नीचे, ऊपर, आगे, पीछे, दाहिनी ओर, बाईं ओर—सब जगह पर है। वही यह सब कुछ है। अब इसके साथ अपना ऐक्य बताने के लिए 'मैं' के रूप में (अहंकार के रूप में) आदेश किया जाता है कि मुझसे अन्य कुछ है ही नहीं। मैं ही नीचे, ऊपर, आगे, पीछे, दाहिनी ओर, बाईं ओर—जब जगह पर हूँ। मैं ही सब कुछ हूँ।"

अथात आत्मादेश एवात्मैवाधस्तादात्मोपरिष्टादात्मा पश्चादात्मा पुरस्तादात्मा दक्षिणत आत्मोत्तरत आत्मैवेदꣳ सर्वमिति स वा एष एवं पश्यन्नेवं मन्वान एवं विजानन्नात्मरतिरात्मक्रीड आत्ममिथुन आत्मानन्दः स स्वराट् भवति तस्य सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति। अथ येऽन्यथाऽतो विदुरन्यराजानस्ते क्षय्यलोका भवन्ति तेषाꣳ सर्वेषु लोकेष्वकामचारो भवति ॥2॥

इति पञ्चविंशः खण्डः ॥

अब आत्मरूप से ही भूमा का आदेश किया जा रहा है। आत्मा ही नीचे, ऊपर, आगे, पीछे, दाईं ओर, बाईं ओर है—यह सब कुछ आत्मा ही है। कोई भी मनुष्य यदि ऐसा देखता है, सोचता है, समझता है, वह आत्मा में ही आनन्द मानता है, आत्मा के साथ ही खेलता है, आत्मा ही उसका आनन्द है। वह स्वराट् (स्वयं का राजा) होता है, वह लोक में स्वेच्छाविचरण कर सकता है। पर जो आत्मा को निर्दिष्ट प्रकार से अन्यथा समझता है वह अन्यों के अधीन रहता है, वह विनाशी लोकों में जाता है, किसी भी लोक में वह अपनी इच्छानुसार जा नहीं सकता।

(यहाँ पच्चीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षड्विंशः खण्डः

तस्य ह वा एतस्यैवं पश्यत एवं मन्वानस्यैवं विजानत आत्मतः प्राण आत्मत आशाऽऽत्मतः स्मर आत्मत आकाश आत्मतस्तेज आत्मत आप आत्मत आविर्भावतिरोभावावात्मतोऽन्नमात्मतो बलमात्मतो विज्ञानमात्मतो ध्यानमात्मतश्चित्तमात्मतः संकल्प आत्मतो मन आत्मतो वागात्मतो नामात्मतो मन्त्रा आत्मतः कर्माण्यात्मत एवेदꣳ सर्वमिति ॥1॥

इस तरह से देखनेवाले, सोचनेवाले, समझनेवाले के आत्मा से प्राण उत्पन्न होता है, आत्मा से आशा, आत्मा से स्मरण, आत्मा से आकाश, आत्मा से तेज, आत्मा से जल, आत्मा से उत्पत्ति और नाश, आत्मा से अन्न, आत्मा से बल, आत्मा से विज्ञान, आत्मा से ध्यान, आत्मा से चित्त, आत्मा से संकल्प, आत्मा से मन, आत्मा से वाणी, आत्मा से नाम, आत्मा से मंत्र, आत्मा से कर्म जन्मते हैं। अतः आत्मा ही यह सब कुछ है।

तदेष श्लोको न पश्यो मृत्युं पश्यति न रोगं नोत दुःखताꣳ सर्वꣳ ह पश्यः पश्यति सर्वमाप्नोति सर्वश इति। स एकधा भवति त्रिधा भवति पञ्चधा सप्तधा नवधा चैव पुनश्चैकादशः स्मृतः। शतं च दश चैकश्च सहस्राणि च विꣳशतिराहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षस्तस्मै मृदितकषायाय तमसस्पारं दर्शयति भगवान् सनत्कुमारस्तꣳ स्कन्द इत्याचक्षते तꣳ स्कन्द इत्याचक्षते ॥2॥

इति षड्विंशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि सप्तमोऽध्यायः ॥7॥

इस विषय में यह मन्त्र है—"ऐसा ज्ञानी मनुष्य मरण, रोग या दुःख को नहीं देखता। ज्ञानी सबको आत्मस्वरूप ही देखता है। अतः वह सबको प्राप्त कर लेता है। आत्मा एक, तीन, पाँच, सात, नौ और ग्यारह प्रकार का हो जाता है और एक सौ दस और इक्कीस हजार प्रकार का होता है। आहार की शुद्धि से अन्तःकरण की शुद्धि होती है। अन्तःकरण की शुद्धि से निश्चल स्मृति उत्पन्न होती है। उस स्मृति से सब बन्धन छूट जाते हैं। जिसके रागद्वेष नष्ट हुए हैं ऐसे नारद को भगवान् सनत्कुमार ने ऐसे अज्ञान को दूर करने का मार्ग बताया। भगवान् सनत्कुमार को स्कन्द कहते हैं।

(यहाँ छब्बीसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् में सातवाँ अध्याय समाप्त हुआ।

❋

अथाष्टमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

ॐ अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशस्तस्मिन्यदन्तस्तदन्वेष्टव्यं तद्वाव विजिज्ञासितव्यमिति ॥1॥

ॐ अब इस ब्रह्मपुर (शरीर) में जो यह सूक्ष्म कमल जैसा स्थान है, उसमें जो सूक्ष्म अंतर जैसा आकाश है, उसके भी भीतर जो वस्तु है, उसकी खोज करनी चाहिए और उसी की जिज्ञासा करनी चाहिए।

तं चेद्ब्रूयुर्यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोऽस्मिन्नन्तराकाशः किं तदत्र विद्यते यदन्वेष्टव्यं यद्वाव विजिज्ञासितव्यमिति स ब्रूयात् ॥2॥

उन गुरु से यदि शिष्य पूछे कि—इस ब्रह्मपुर (शरीर) में जो सूक्ष्म कमल जैसा घर है, इसमें सूक्ष्म अंतराकाश है, इसमें कौन-सी वह वस्तु है कि जिसकी खोज करनी चाहिए और जिसकी जिज्ञासा करनी चाहिए? तो आचार्य को उसे इस प्रकार कहना चाहिए।

यावान्वा अयमाकाशस्तावानेषोऽन्तर्हृदय आकाश उभे अस्मिन् द्यावापृथिवी अन्तरेव समाहिते उभावग्निश्च वायुश्च सूर्याचन्द्रमसावुभौ विद्युन्नक्षत्राणि यच्चास्येहास्ति यच्च नास्ति सर्वं तदस्मिन्समाहितमिति ॥3॥

जितना यह बाहर का आकाश है, इतना ही यह हृदय के भीतर का आकाश है। द्युलोक और पृथ्वी (दोनों) इसके भीतर ही अच्छी तरह से अवस्थित है। अग्नि और वायु—दोनों तथा सूर्य और चन्द्र—ये दोनों एवं विद्युत्, नक्षत्र (सब कुछ) जो इस आत्मा का है या जो कुछ नहीं है, वह सब भी इस अन्तरात्मा में समा जाता है।

तं चेद्ब्रूयुरस्मिꣳश्छेदिदं ब्रह्मपुरे सर्वꣳ समाहितꣳ सर्वाणि च भूतानि सर्वे च कामा यदैनज्जरामाप्नोति प्रध्वꣳसते वा किं ततोऽतिशिष्यत इति ॥4॥

उन आचार्य से यदि शिष्य ऐसा पूछे कि—"इस ब्रह्मपुर (शरीर) में जो यह सब कुछ अर्थात् सब प्राणी और सभी कामनाएँ अवस्थित हैं, तो जब यह ब्रह्मपुर नामक शरीर वृद्ध होता है तब, अथवा नष्ट होता है तब, उसमें से क्या शेष रह जाता है ?"

स ब्रूयान्नास्य जरयैतज्जीर्यति न वधेनास्य हन्यत एतत्सत्यं ब्रह्मपुरमस्मिन्कामाः समाहिता एष आत्मापहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पो यथा ह्येवेह प्रजा अन्वाविशन्ति यथानुशासनं यं यमन्तमभिकामा भवन्ति यं जनपदं यं क्षेत्रभागं तं तमेवोपजीवन्ति ॥5॥

तब आचार्य कहे कि—"इस देह के वृद्धत्व से वह आकाशनामक ब्रह्मपुर जीर्ण नहीं होता, इस देह के वध से वह (ब्रह्मपुर) नष्ट नहीं होता। यह ब्रह्मपुर सत्य है, इसमें कामनाएँ सुव्यवस्थित रहती हैं। यह आत्मा पापशून्य, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, बुभुक्षारहित, पिपासारहित, सत्य कामनावाला, सत्य संकल्पवाला है। जिस प्रकार इस लोक में प्रजा अपने राजा की आज्ञानुसार व्यवहार करती

है तब वह अपने जिस जनपद की या क्षेत्र की कामना करती है, वह उसे मिलता है। और उसमें रहकर वह जीवन धारण करती है (इसी तरह ब्रह्मपुर में सभी इच्छाएँ समा जाती हैं।)

तद्यथेह कर्मजितो लोकः क्षीयत एवमेवामुत्र पुण्यजितो लोकः क्षीयते तद्य इहात्मानमननुविद्य व्रजन्त्येताꣳश्च सत्यान् कामाꣳस्तेषाꣳ सर्वेषु लोकेष्वकामचारो भवत्यथ य इहात्मानमनुविद्य व्रजन्त्येताꣳश्च सत्यान् कामाꣳस्तेषाꣳ सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति ॥6॥

इति प्रथमः खण्डः ॥

जिस प्रकार यहाँ (इस लोक में) कर्म द्वारा प्राप्त लोक क्षीण हो जाता है, वैसे ही परलोक में पुण्यों से उपार्जित लोक भी क्षीण हो जाता है। इसलिए इस लोक में जो मनुष्य आत्मा को और सत्य (वास्तविक) कामनाओं को बिना जाने ही परलोक में चले जाते हैं, उनकी सभी लोकों में यथेच्छ गति नहीं होती। और जो लोग इस लोक में आत्मा को और वास्तविक कामनाओं को जानकर ही परलोकगमन करते हैं, उनकी सभी लोकों में यथेच्छ गति होती है।

(यहाँ पहला खण्ड पूरा हुआ)

❋

द्वितीयः खण्डः

स यदि पितृलोककामो भवति संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति तेन पितृलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥1॥

उस आत्मसाक्षात्कारी को यदि पितृलोक देखने की इच्छा हुई हो, तो पितृलोग उसके सोचते ही उससे आ मिलते हैं और पितरों को प्राप्त करके वह सुखी होता है।

अथ यदि मातृलोककामो भवति संकल्पादेवास्य मातरः समुत्तिष्ठन्ति तेन मातृलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥2॥

वह ज्ञानी यदि मातृलोक को देखने की इच्छा करता है, तो उसके संकल्पमात्र से माताएँ उससे आ मिलती हैं और माताओं को प्राप्त करके वह सुखी होता है।

अथ यदि भ्रातृलोककामो भवति संकल्पादेवास्य भ्रातरः समुत्तिष्ठन्ति तेन भ्रातृलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥3॥

यदि वह ज्ञानी भ्रातृलोक को देखने की इच्छा करता है तो संकल्पमात्र से ही भाईलोग उससे आ मिलते हैं और इस तरह भ्रातृलोक को प्राप्त करके वह सुखी होता है।

अथ यदि स्वसृलोककामो भवति संकल्पादेवास्य स्वसारः समुत्तिष्ठन्ति तेन स्वसृलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥4॥

यदि वह भगिनीलोक को देखने की इच्छा रखता हो, तो संकल्पमात्र से ही बहनें उससे आ मिलती हैं, इस तरह भगिनियों से मिलकर वह आनन्दित होता है।

अथ यदि सखिलोककामो भवति संकल्पादेवास्य सखायः समुत्तिष्ठन्ति तेन सखिलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥5॥

वह ज्ञानी यदि मित्रलोक को देखने की इच्छा करता है, तो उसके संकल्पमात्र से ही मित्र उससे आ मिलते हैं, और इस तरह मित्रों से मिलकर वह आनन्दित होता है।

अथ यदि गन्धमाल्यलोककामो भवति संकल्पादेवास्य गन्धमाल्ये समुत्तिष्ठतस्तेन गन्धमाल्यलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥6॥

उस आत्मज्ञानी को यदि सुगन्ध और पुष्पमालाओं की कामना होती है, तो उसके संकल्पमात्र से ही वे दोनों उससे आ मिलते हैं और इस तरह सुगन्ध और पुष्पलताएँ पाकर वह आनन्दित होता है।

अथ यद्यन्नपानलोककामो भवति संकल्पादेवास्यान्नपाने समुत्तिष्ठत-स्तेनान्नपानलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥7॥

वह ज्ञानी यदि अन्न और पान की कामना करता है, तो संकल्पमात्र से ही उसे खाना-पीना आ मिलता है और इस तरह खाने-पीने को पाकर वह आनन्द करता है।

अथ यदि गीतवादित्रलोककामो भवति संकल्पादेवास्य गीतवादित्रे समुत्तिष्ठतस्तेन गीतवादित्रलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥8॥

यदि वह गीत और वाद्य की कामना करता है, तो संकल्पमात्र से ही गीत और वाद्य उससे आ मिलते हैं। इस तरह गीत और वाद्य की प्राप्ति होने से वह आनन्द करता है।

अथ यदि स्त्रीलोककामो भवति संकल्पादेवास्य स्त्रियः समुत्तिष्ठन्ति तेन स्त्रीलोकेन सम्पन्नो महीयते ॥9॥

वह ज्ञानी यदि स्त्री-लोक की कामना करता है, तो संकल्पमात्र से ही उससे स्त्रियाँ आ मिलती हैं। इस तरह स्त्रियों को प्राप्त कर वह आनन्दित होता है।

यं यमन्तमभिकामो भवति यं कामं कामयते सोऽस्य संकल्पादेव समुत्तिष्ठति तेन सम्पन्नो महीयते ॥10॥

इति द्वितीयः खण्डः ॥

वह ज्ञानी जिस-जिस लोक की कामना करता है, जिस-जिस वस्तु की कामना करता है, वह सब उसे संकल्पमात्र से ही आ मिलता है। इस तरह उस-उससे मिलकर वह आनन्दित होता है।

(यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

तृतीयः खण्डः

त इमे सत्याः कामा अनृतापिधानास्तेषाꣳ सत्यानाꣳ सतामनृतमपिधानं यो यो ह्यस्येतः प्रैति न तमिह दर्शनाय लभते ॥1॥

वे सत्य कामनाएँ अनृत (असत्य) से ढँकी हुई हैं। उन कामनाओं के सत्य होते हुए भी उन पर असत्य (अनृत) का आवरण (ढक्कन) है। इसलिए जो-जो उसका सम्बन्धी यहाँ से चला जाता है (मर जाता है) वह इस लोक में फिर से देखने को नहीं मिलता। (अज्ञान के आवरण की वजह से ही ऐसा होता है। अज्ञान के हट जाने से आत्मा की सर्वव्यापकता प्रकाशित हो जाती है। इस अवस्था में कुछ भी अदृश्य नहीं रहता)।

अथ ये चास्येह जीवा ये च प्रेता यच्चान्यदिच्छन्न लभते सर्वं तदत्र गत्वा विन्दतेऽत्र ह्यस्यैते सत्याः कामा अनृतापिधानास्तद्यथापि हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपरि संचरन्तो न विन्देयुरेवमेवेमाः सर्वाः प्रजा अहरहर्गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्त्यनृतेन हि प्रत्यूढाः ॥2॥

और अब वह यहाँ जिन जीवित या मरे हुए मनुष्यों (सम्बन्धियों को) को देखना चाहता है, और कुछ वस्तुओं को भी देखना चाहता है, वह कुछ उसे मिलता नहीं है। वह सब तो उसी को मिल सकता है जो अपने हृदयाकाश के आत्मा को समझता हो। क्योंकि इस जगत् में वास्तविक इच्छाएँ अनृत (असत्य) से ढँकी हुई हैं। अतः जैसे धरती में गाड़े गए सोने के खजाने वाली भूमि पर चलकर भी उससे अनजान आदमी को वह प्राप्त नहीं होता, उसी प्रकार सुषुप्ति काल में हृदयाकाश नामक ब्रह्म के स्थान में अज्ञानी लोग रोज ही आते-जाते हैं, फिर भी उस आत्मा को वे समझ नहीं पाते। क्योंकि वे सभी अनृत (असत्य) के माध्यम से हरण कर लिए गए हैं।

स वा एष आत्मा हृदि तस्यैतदेव निरुक्तꣳ हृद्यमिति तस्माद्धृदय-महरहर्वा एवंवित्स्वर्गं लोकमेति ॥3॥

ऐसा वह आत्मा हृदय में है। इसीलिए उसे 'हृद्यम्' (हृदि+अयम्) ऐसा व्युत्पत्तिलभ्य नाम दिया गया है। इसीलिए आत्मा हृदय में है—ऐसा समझना चाहिए। ऐसा समझनेवाला मनुष्य प्रति दिन आत्मा के पास जाता है।

अथ य एष सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति तस्य ह वा एतस्य ब्रह्मणो नाम सत्यमिति ॥4॥

जो यह शुद्ध बना हुआ आत्मा है (सम्प्रसाद है), वह इस शरीर में से ममता छोड़कर परम ज्योति को प्राप्त करके अपने मूल स्वरूप में अवस्थित हो जाता है। वह आत्मा है, वह अमृत है, वह अभय है, वही ब्रह्म है—ऐसा कहा जाता है और उसी ब्रह्म का नाम 'सत्य' है।

तानि ह वा एतानि त्रीण्यक्षराणि सतीयमिति तद्यत्सत्तदमृतमथ यत्ति तन्मर्त्यमथ यद्यं तेनोभे यच्छति यदनेनोभे यच्छति तस्माद्यमहरहर्वा एवंवित्स्वर्गं लोकमेति ॥5॥

इति तृतीयः खण्डः ॥

'सत्य' (सत्+ती+यम्) ये तीन अक्षर हैं। इनमें जो 'सत्' है वह अमर है, जो 'त्' (ती) है वह नाश प्राप्त करनेवाला है और जो 'यम् है वह पूर्व के दोनों अक्षरों को अपने वश में लाता है। इसलिए उसको 'यम्' संज्ञा दी गई है। ऐसा समझनेवाला व्यक्ति प्रतिदिन आत्मा में जाता है (अर्थात् प्रतिदिन हृदयस्थ आत्मा को प्राप्त करता है अथवा निःस्वप्न सुषुप्ति में वह प्रतिदिन आत्मानुभव करता है)।

(यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थः खण्डः

अथ य आत्मा स सेतुर्विधृतिरेषां लोकानामसम्भेदाय नैतꣳ सेतुमहोरात्रे

तरतो न जरा न मृत्युर्न शोको न सुकृतं न दृष्कृतꣳ सर्वे पाप्मानोऽतो-निवर्तन्तेऽपहतपाप्मा ह्येष ब्रह्मलोकः ॥1॥

यह जो आत्मा है वह पृथ्वी आदि लोकों का संघर्ष (विनाश) न हो, इसलिए उनको धारण करनेवाला सेतु है। इस सेतुरूप आत्मा को रात-दिन का समय अतिक्रमण नहीं कर सकता। उसको बुढ़ापा या मरण नहीं आ सकता। उसे शोक नहीं होता, पाप-पुण्य उसे स्पर्श नहीं कर सकते। सभी पाप उसे बिना स्पर्श किए ही वापिस लौट जाते हैं क्योंकि आत्मा निष्पाप और ब्रह्मरूप है।

तस्माद्वा एतꣳ सेतुं तीर्त्वाऽन्धः सन्ननन्धो भवति विद्धः सन्नविद्धो भवत्यु-पतापी सन्ननुपतापी भवति तस्माद्वा एतꣳ सेतुं तीर्त्वापि नक्तमहरेवाभि-निष्पद्यते सकृद्विभातो ह्येवैष ब्रह्मलोकः ॥2॥

इसीलिए इस सेतुरूप आत्मा को पाकर अन्धा अन्धा नहीं रहता, घायल भी अच्छा हो जाता है, दुःखी भी सुखी हो जाता है, रोगी नीरोगी हो जाता है, इस आत्मा को पाकर विद्वान् के लिए रात भी दिन-सी हो जाती है। क्योंकि वह आत्मा सदैव प्रकाशमय है।

तद्य एवैतं ब्रह्मलोकं ब्रह्मचर्येणानुविन्दन्ति तेषामेवैष ब्रह्मलोकस्तेषाꣳ सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति ॥3॥

इति चतुर्थः खण्डः ॥

तो जो लोग ब्रह्मचर्य से अर्थात् शास्त्र और आचार्य के अनुशासन से इस ब्रह्मलोक को प्राप्त करते हैं, उन्हीं का यह ब्रह्मलोक है। ऐसे लोग अपनी इच्छानुसार सभी लोकों में जा सकते हैं।

(यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमः खण्डः

अथ यद्यज्ञ इत्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तद् ब्रह्मचर्येण ह्येव यो ज्ञाता तं विन्दतेऽथ यदिष्टमित्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तद् ब्रह्मचर्येण ह्येवेष्ट्वात्मान-मनुविन्दते ॥1॥

अब जो 'यज्ञ' कहा जाता है, वह ब्रह्मचर्य ही है। क्योंकि ब्रह्मचर्य से जो आत्मा को जानता है, वह ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। जो 'इष्ट' कहा जाता है वह ब्रह्मचर्य ही है, क्योंकि ब्रह्मचर्य से ही आत्मा को जानने की इच्छा करके आत्मा को प्राप्त करते हैं।

अथ यत्सत्त्रायणमित्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तद्ब्रह्मचर्येण ह्येव सत आत्म-नस्त्राणं विन्दतेऽथ यन्मौनमित्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तद्ब्रह्मचर्येण ह्येवात्मानमनुविद्य मनुते ॥2॥

अब जो 'सत्त्रायण' (साधु-संन्यासियों का पोषण) कहा जाता है, वह भी ब्रह्मचर्य ही है, क्योंकि ब्रह्मचर्य से ही 'सत्' रूप आत्मा का त्राण (रक्षण) होता है। जो 'मौन' कहा जाता है, वह भी ब्रह्मचर्य ही है क्योंकि ब्रह्मचर्य से ही आत्मा को समझकर मनुष्य उसका मनन करता है।

अथ यदनाशकायनमित्याचक्षते ब्रह्मचर्यमेव तदेष ह्यात्मा न नश्यति यं ब्रह्मचर्येणानुविन्दतेऽथयदरण्यायनमित्याचक्षतेब्रह्मवर्यमेवतत्तदरञ्च ह

वै ण्यश्चार्णवौ ब्रह्मलोके तृतीयस्यामितो दिवि तदैरंमदीयꣳ सरस्तदश्वत्थः सोमसवनस्तदपराजिता पूर्ब्रह्मणः प्रभुविमितꣳ हिरण्यम् ॥3॥

और जिसे 'अनाशकायन' (अनशन) कहते हैं वह भी तो ब्रह्मचर्य ही है। क्योंकि साधक जिसे ब्रह्मचर्य के द्वारा प्राप्त करता है, उस आत्मा का नाश नहीं होता। और जिसे 'अरण्यायन' कहते हैं, वह भी ब्रह्मचर्य ही है। क्योंकि उस ब्रह्मलोक में 'अर' और 'ण्य' ये दोनों प्रसिद्ध समुद्र हैं। यहाँ से तीसरे द्युलोक में वह "ऐरंमदीयम्' नाम का एक सरोवर है। वहाँ 'सोमसवन' नाम का एक अश्वत्थ (पिप्पल) का वृक्ष है। वहाँ ब्रह्मा की अपराजिता नाम की एक पुरी (नगरी) है। और वहाँ प्रभु के द्वारा बाँधा गया एक सोने का मण्डप है।

तद्य एवैतावरं च ण्यं चार्णवौ ब्रह्मलोके ब्रह्मचर्येणानुविन्दन्ति तेषामेवैष ब्रह्मलोकस्तेषाꣳ सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति ॥4॥

इति पञ्चमः खण्डः ॥

इस ब्रह्मलोक में जो लोग 'अर' और 'ण्य' नाम के दो सरोवरों को ब्रह्मचर्य के द्वारा प्राप्त करते हैं, उन्हीं का यह ब्रह्मलोक हो जाता है और सभी लोकों में उनका मुक्त आना-जाना हो जाता है।

(यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

षष्ठः खण्डः

अथ या एता हृदयस्य नाड्यस्ताः पिङ्गलस्याणिम्नस्तिष्ठन्ति शुक्लस्य नीलस्य पीतस्य लोहितस्येत्यसौ वा आदित्यः पिङ्गल एष शुक्ल एष नील एष पीत एष लोहितः ॥1॥

जो हृदय की ये नाड़ियाँ हैं, वे पिंगल वर्ण के सूक्ष्म रसवाली हैं। वे सफेद, नीले, पीले और लोहित वर्ण के सूक्ष्म रस से युक्त हैं। सूर्य में भी पिंगल, सफेद, नीला और लाल वर्ण होते ही हैं।

तद्यथा महापथ आतत उभौ ग्रामौ गच्छतीमं चामुं चैवमेवैता आदित्यस्य रश्मय उभौ लोकौ गच्छन्तीमं चामुं चामुष्मादादित्यात्प्रतायन्ते ता आसु नाडीषु सृप्ता आभ्यो नाडीभ्यः प्रतायन्ते तेऽमुष्मिन्नादित्ये सृप्ताः ॥2॥

जैसे दो गाँवों के बीच से निकला हुआ एक बड़ा रास्ता उन दोनों गाँवों को जोड़ता है, उसी तरह सूर्य की किरणें भी सूर्यलोक को इस लोक के साथ जोड़ती हैं। सूर्य में से जो किरणें निकलती हैं, वे हृदय की इन नाडियों में समा जाती हैं और इन नाड़ियों में से जो किरणें निकलती हैं, वे सूर्य में समा जाती हैं।

यद्यत्रैतत्सुप्तः समस्तः संप्रसन्नः स्वप्नं न विजानात्यासु तदा नाडीषु सृप्तो भवति तन्न कश्चन पाप्मा स्पृशति तेजसा हि तदा सम्पन्नो भवति ॥3॥

इस अवस्था में जब यह जीव सम्यक् प्रकार से निद्रा में पड़ जाता है और स्वप्न भी नहीं देखता, तब उसे कोई भी पाप स्पर्श नहीं कर सकता क्योंकि उस समय वह नाड़ियों में स्थित सूर्य के तेज के साथ मिला हुआ होता है।

अथ यत्रैतदबलिमानं नीतो भवति तमभित आसीना आहुर्जानासि मां जानासि मामिति स यावदस्माच्छरीरादनुत्क्रान्तो भवति तावज्जानाति ॥4॥

(रोग आदि से) जब मनुष्य दुर्बल हो जाता है, तब उसके आस-पास बैठे हुए सगे-सम्बन्धी उससे पूछते हैं कि—"मुझे पहचानते हो क्या ? मुझे जानते हो क्या ?" जब तक इस शरीर से जीव निकल गया नहीं होता, तब तक तो वह सभी को पहचानता है।

अथ यत्रैतदस्माच्छरीरादुत्क्रामत्यथैतैरेव रश्मिभिरूर्ध्वमाक्रमते स ओमिति वा होद्वा मीयते स यावत्क्षिप्येन्मनस्तावदादित्यं गच्छत्येतद्वै खलु लोकद्वारं विदुषां प्रपदनं निरोधोऽविदुषाम् ॥5॥

परन्तु जब जीव इस शरीर में से निकल जाता है, तब सूर्य की इन किरणों के द्वारा ही वह ऊर्ध्व की ओर जाता है और 'ओम्' बोलते हुए ऊर्ध्व गति को प्राप्त करता है अथवा अधोलोक में जाता है। जितने समय में मन पहुँचता है, उतने समय में वह आदित्यलोक (सूर्य) में जा पहुँचता है। यह सूर्य ब्रह्मलोक का प्रवेशद्वार है। उसमें विद्वान् और ज्ञानी ही प्रवेश कर सकते हैं। अज्ञानी लोग वहाँ नहीं जा सकते।

तदेष श्लोकः—
शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिः सृतैका।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमेण भवन्त्युत्क्रमणे भवन्ति ॥6॥
इति षष्ठः खण्डः ॥

यहाँ यह श्लोक है—"हृदय में एक सौ और एक नाड़ियाँ हैं उनमें से (सुषुम्णा नाम की) एक नाड़ी मस्तक की ओर जाती है। ज्ञानी आत्मा उस नाड़ी से ऊपर आरूढ़ होकर अमरत्व को प्राप्त होता है। हृदय में से चारों ओर निकलती हुई अन्य नाड़ियाँ तो केवल शरीर से बाहर निकलने के लिए ही हैं। (अर्थात् इन नाड़ियों से यदि जीव बाहर जाता है, तो उसे मोक्ष नहीं मिलता।)

(यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।)

❋

सप्तमः खण्डः

य आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोको विजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः स सर्वांश्च लोकानाप्नोति सर्वांश्च कामान्यस्तमात्मानमनुविद्य विजानातीति ह प्रजापतिरुवाच ॥1॥

जो यह आत्मा पापरहित, जरारहित, मृत्युरहित, शोकरहित, क्षुधापिपासारहित, सत्यकामनावाला और सत्यसंकल्पवाला है, उसे खोजना चाहिए, उसे ठीक तरह से जानने की इच्छा करनी चाहिए। कुछ लोग इस आत्मा को समझकर उसका अनुभव करते हैं, वे सभी लोकों में जा सकते हैं और उसकी सभी इच्छाएँ पूरी होती हैं—ऐसा प्रजापति ने कहा।

तद्धोभये देवाऽसुरा अनुबुबुधिरे ते होचुर्हन्त तमात्मानमन्विच्छामो यमात्मानमन्विष्य सर्वांश्च लोकानाप्नोति सर्वांश्च कामानितीन्द्रो हैव

देवानामभिप्रवव्राज विरोचनोऽसुराणां तौ हासंविदानावेव समित्पाणी प्रजापतिसकाशमाजग्मतुः ॥2॥

उनकी यह बात देवताओं और असुरों ने परम्परा से जान लीं। फिर उन्होंने सोचा कि जिसे समझने से सभी लोकों में जाया जा सकता है, सभी कामनाएँ पूरी की जा सकती हैं, उस आत्मा को हमें खोजना चाहिए। बाद में देवों में से इन्द्र और असुरों में से विरोचन—ये दोनों परस्पर ईर्ष्या करते हुए ही अलग-अलग हाथ में समिध लेकर प्रजापति के पास गए।

तौ ह द्वात्रिंशतं वर्षाणि ब्रह्मचर्यमूषतुस्तौ ह प्रजापतिरुवाच किमिच्छन्तावावास्तमिति तौ होचतुर्य आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोकोऽविजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः सोऽन्वेष्टव्यः स विजिज्ञासितव्यः स सर्वांश्च लोकानाप्नोति सर्वांश्च कामान्यस्तमात्मानमनुविद्य विजानातीति भगवतो वचो वेदयन्ते तमिच्छन्तावावास्तमिति ॥3॥

उन दोनों ने बत्तीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए वहाँ वास किया। तब प्रजापति ने उनसे पूछा—"तुम यहाँ किस इच्छा से रहे हो ?" तब उन दोनों ने कहा कि—"आत्मा पापरहित, जरारहित, शोकरहित, क्षुधारहित, प्यासरहित, सत्य कामनाओं वाला, सत्य संकल्पवाला है अतः उसे खोजना चाहिए, उसे ठीक तरह से जानने की इच्छा करनी चाहिए। जो कोई भी मनुष्य इस आत्मा को ठीक तरह से समझ लेता है, वह सभी लोकों को प्राप्त कर लेता है, अपनी सभी कामनाओं को पूर्ण कर सकता है। आपके ऐसे वचन को विद्वज्जन श्रेष्ठ कहते हैं। तो उस आत्मा को समझने के लिए हमने यहाँ वास किया हैं।

तौ ह प्रजापतिरुवाच य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यत एष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेत्यथ योऽयं भगवोऽप्सु परिख्यायते यश्चायमादर्शे कतम एष इत्येष उ एवैषु सर्वेष्वन्तेषु परिख्यात इति होवाच ॥4॥
इति सप्तमः खण्डः ॥

तब प्रजापति ने उनसे कहा—"आँख में जो यह पुरुष दिखाई देता है, वह आत्मा है।" और आगे भी कहा कि—"यह अमर है, निर्भय है, और वही ब्रह्म है।" तब वे दोनों अज्ञानी होने से ऐसा समझे कि आँख में सामनेवाले मनुष्य का जो मुख (मुँह) दिखाई पड़ता है, वही आत्मा है। इसलिए उन्होंने पूछा कि—"हे भगवन्! पानी में देखने से जो दिखाई पड़ता है, जो दर्पण में दिखाई देता है, उनमें से आपका कहा हुआ आत्मा किसमें है ? कौन है ?" तब प्रजापति ने कहा—"वही आत्मा सभी लोगों में सर्वरूप से (समरूप से) रहता है।"

(यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

अष्टमः खण्डः

उदशराव आत्मानमवेक्ष्य यदात्मनो न विजानीथस्तन्मे प्रब्रूतमिति तौ होदशरावेऽवेक्षांचक्राते तौ ह प्रजापतिरुवाच किं पश्यथेति तौ होचतुः सर्वमेवेदमावां भगव आत्मानं पश्याव आलोमभ्य आनखेभ्यः प्रतिरूपमिति ॥1॥

प्रजापति ने कहा—"जल से भरे हुए शराव में अपने को देखकर, आत्मा के बारे में जो कुछ तुम न जान सको, वह मुझे कह दिखाओ।" अतः दोनों ने जल से भरे शराव में देखा तब प्रजापति ने उनसे पूछा—"तुम क्या देखते हो तुम ? तब वे दोनों बोले—"हे भगवन्। हम पूरे आत्मा को इसमें देखते हैं—सर के बाल से पैर के नखों तक पूर्ण आत्मा को देखते हैं।"

तौ ह प्रजापतिरुवाच साध्वलंकृतौ सुवसनौ परिष्कृतौ भूत्वोदशरावेऽवेक्षेथामिति तौ ह साध्वलंकृतौ सुवसनौ परिष्कृतौ भूत्वोदशरावेऽवेक्षांचक्राते तौ ह प्रजापतिरुवाच किं पश्यथ इति ॥2॥

प्रजापति बोले—"तुम अच्छे गहने पहनकर, अच्छे कपड़े पहनकर सज-धजकर पानी से भरे शराव में अपने को देखो।" तब वे अच्छे गहने पहनकर, अच्छे कपड़े पहनककर सज-धजकर पानी से भरे शराव में स्वयं को देखने लगे। तब प्रजापति ने उनसे पूछा—"क्या देखते हो ?"

तौ होचतुर्यथैवेदमावां भगवः साध्वलंकृतौ सुवसनौ परिष्कृतौ च एवमेवेमौ भगवः साध्वलंकृतौ सुवसनौ परिष्कृतावित्येष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति तौ ह शान्तहृदयौ प्रवव्रजतुः ॥3॥

तब उन दोनों ने कहा—"हे भगवन्! जैसे ही हम अच्छे गहने पहने हुए, अच्छे वस्त्र पहने हुए सजे-धजे हैं, वैसे ही अच्छी तरह से अलंकृत, अच्छे वस्त्र पहने हुए सजे-धजे इसमें भी दिखाई देते हैं।" तब प्रजापति बोले—"वही आत्मा है, वही निर्भय है, वही अमर है और वही ब्रह्म है।" तब शान्त हृदय होकर वे दोनों चले गये।

तौ हान्वीक्ष्य प्रजापतिरुवाचानुपलभ्यात्मानमननुविद्य व्रजतो यतर एतदुपनिषदो भविष्यन्ति देवा वाऽसुरा वा ते पराभविष्यन्तीति स ह शान्तहृदय एव विरोचनोऽसुराञ्जगाम तेभ्यो हैतामुपनिषदं प्रोवाचात्मैवेह महय्य आत्मा परिचर्य आत्मानमेवेह महयन्नात्मानं परिचरन्नुभौ लोकावाप्नोतीमं चामुं चेति ॥4॥

उन दोनों को जाते हुए देखकर प्रजापति कहने लगे—"आत्मा को बिना जाने और बिना समझे ही ये दोनों जा रहे हैं। इनमें से जो (शरीर ही आत्मा है) ऐसा निश्चयवाले होंगे वे देव या असुर—कोई भी पराभव को प्राप्त करेंगे।" विरोचन तो सन्तुष्ट होकर असुरों के पास चला गया और उसने सबको इस प्रकार ज्ञान का उपदेश किया—"देह ही आत्मा है इसलिए उसी को पूजना चाहिए, उसी (देहरूप) आत्मा की सेवा करनी चाहिए। इस जगत् में देहात्मा की पूजा-सेवा करके ही मनुष्य इस लोक को और परलोक को प्राप्त कर सकता है।"

तस्मादप्यद्येहाददानमश्रद्दधानमयजमानमाहुरासुरो बतेत्यसुराणाꣳ ह्येषोपनिषत्प्रेतस्य शरीरं भिक्षया वसनेनालंकारेणेति सꣳस्कुर्वन्त्येतेन ह्यमुं लोकं जेष्यन्तो मन्यन्ते ॥5॥

इत्यष्टमः खण्डः ॥

इसीलिए आज भी इस जगत् में दान न करनेवाले को, श्रद्धा से रहित को और यज्ञ न करने वाले को लोग कहते हैं कि "यह असुर है।" क्योंकि असुरों का ज्ञान ऐसा ही होता है। वे लोग मरे

हुओं के शरीर को (सुगन्ध-पुष्पमाला-अन्नादि) भिक्षा से और गहनों से सजाते हैं और मानते हैं कि इससे वे स्वर्गलोक को प्राप्त करेंगे।

(यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

नवमः खण्डः

अथ हेन्द्रोऽप्राप्यैव देवानेतद्भयं ददर्श यथैव खल्वयस्मिञ्छरीरे साध्वलंकृते साध्वलंकृतो भवति सुवसने सुवसनः परिष्कृते परिष्कृत एवमेवायमस्मिन्नन्धेऽन्धो भवति स्त्रामे स्त्रामः परिवृक्णे परिवृक्णोऽस्यैव शरीरस्य नाशमन्वेष नश्यति नाहमत्र भोग्यं पश्यामीति ॥1॥

परन्तु, इन्द्र को तो देवताओं के पास जाने से पहले ही यह भय दिखाई दिया अर्थात् यह शंका हुई कि—जिस तरह इस शरीर को अच्छी तरह से अलंकृत (शोभायमान) करने से यह छायात्मा अच्छी तरह से शोभित होता है, उसे अच्छे कपड़े पहनाने से अच्छे वस्त्रवाला दिखाई पड़ता है, सजाने से सजा हुआ दीखता है, ठीक इसी प्रकार यह देह अन्धा होने पर इस छाया में भी (छायात्मा भी) अन्धा ही दिखाई देता है। देह के क्षीण होने से छायात्मा भी क्षीण दीखता है, कटे हुए हाथ-पैर से छायात्मा के हाथ-पैर भी कटे हुए दिखाई देते हैं। और इस शरीर के नाश होने से छायात्मा का भी नाश हो जाता है। इसलिए शरीररूप आत्मा के ऐसे छायारूप ज्ञान से कोई फल मिलेगा, ऐसा मुझे नहीं लगता।

स समित्पाणिः पुनरेयाय तꣳ ह प्रजापतिरुवाच मघवन्यच्छान्तहृदयः प्राव्राजीः सार्धं विरोचनेन किमिच्छन् पुनरागम इति स होवाच यथैव खल्वयं भगवोऽस्मिञ्छरीरे साध्वलंकृते साध्वलंकृतो भवति सुवसने सुवसनः परिष्कृते परिष्कृत एवमेवायमस्मिन्नन्धेऽन्धो भवति स्त्रामे स्त्रामः परिवृक्णे परिवृक्णोऽस्यैव शरीरस्य नाशमन्वेष नश्यति नाहमत्र भोग्यं पश्यामीति ॥2॥

वह इन्द्र हाथ में समिधा लेकर फिर प्रजापति के पास आया। प्रजापति ने उससे पूछा—"हे इन्द्र! विरोचन के साथ शान्तचित्त होकर के ही तुम गए थे। अब किस इच्छा से तुम फिर से यहाँ आए हो ?" तब वह (इन्द्र) बोला—"हे भगवन्! जिस प्रकार यह छायात्मा इस शरीर को अच्छी तरह से विभूषित करने से अच्छी तरह से वह छायात्मा भी विभूषित हो जाता है, शरीर को अच्छे वस्त्र पहनाने से वह छायात्मा भी अच्छे वस्त्रों वाला हो जाता है और शरीर को सजाने-धजाने से वह सजा-धजा हो जाता है ठीक उसी प्रकार शरीर के अन्ध होने से वह छायात्मा भी अन्ध हो जाता है, शरीर के क्षीण होने पर वह छायात्मा भी क्षीण हो जाता है, शरीर के हाथ-पैर कट जाने से छायात्मा भी कटे हाथ-पैर वाला हो जाता है, और शरीर के नाश होने पर यह छायात्मा भी नष्ट हो जाता है। मैं तो उसमें कोई फल नहीं देखता।"

एवमेवैष मघवन्निति होवाचैतं त्वेव ते भूयोऽनुव्याख्यास्यामि वसापराणि द्वात्रिꣳशतं वर्षाणीति स हापराणि द्वात्रिꣳशतं वर्षाण्युवास तस्मै होवाच ॥3॥

इति नवमः खण्डः ॥

तब प्रजापति ने कहा—"हे इन्द्र ! वह ऐसा ही है। मैं तुम्हें फिर से समझाऊँगा। तुम बत्तीस वर्ष यहाँ रहकर ब्रह्मचर्य का पालन करो। उसने और भी बत्तीस वर्ष तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए वहाँ वास किया फिर प्रजापति ने उससे कहा—

(यहाँ नौवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

दशमः खण्डः

य एष स्वप्ने महीयमानश्चरत्येष आत्मेति होवाचैतदमृतमभयमेतद्ब्रह्मेति स ह शान्तहृदयः प्रवव्राज स हाप्राप्यैव देवानेतद्भयं ददर्श तद्यद्यपीदꣳ शरीरमन्धं भवत्यनन्धः स भवति यदि स्राममस्रामो नैवैषोऽस्य दोषेण दुष्यति ॥1॥

"जो यह स्वप्न में महिमावान होकर विचरण करता है, वह आत्मा है" प्रजापति ने ऐसा कहकर और आगे कहा—"वही अमृत है, वही अभय है, वही ब्रह्म है।" तब वह शान्तचित्त होकर चला गया, पर देवों के पास जाने से पहले ही उसको भय दिखाई दिया (मन में शंका हुई कि—) यह शरीर अन्धा होने पर भी स्वप्न पुरुष तो सब देखने वाला होता है ! शरीर के क्षीण होने पर भी स्वप्नस्थ आत्मा तो क्षीण नहीं दीखता। शरीर के दोषों से स्वरूपस्थ आत्मा दूषित नहीं होता।

न वधेनास्य हन्यते नास्य स्राम्येण स्रामो घ्नन्ति त्वेवैनं विच्छादयन्ती-वाप्रियवेत्तेव भवत्यपि रोदितीव नाहमत्र भोग्यं पश्यामीति ॥2॥

"इस देह के वध से उसका वध नहीं होता। शरीर की पंगुता से उसकी पंगुता नहीं होती। फिर भी मानो उसे कोई मारता हो, मानो कोई चीरता हो, मानो कोई उसका नाश कर रहा हो, मानो किसी अप्रिय का अनुभव कर रहा हो, मानो रो रहा हो ऐसा लगता है। ऐसे आत्मा के ज्ञान से मैं कोई फल नहीं देख रहा हूँ।"

स समित्पाणिः पुनरेयाय। तꣳ ह प्रजापतिरुवाच मघवन्यच्छान्तहृदयः प्राव्राजीः किमिच्छन् पुनरागम इति स होवाच तद्यद्यपीदं भगवः शरीरमन्धं भवत्यनन्धः स भवति यदि स्राममस्रामो नैवैषोऽस्य दोषेण दुष्यति ॥3॥

फिर वह इन्द्र हाथ में समिधा लेकर प्रजापति के पास आया। तब प्रजापति ने उससे पूछा—"हे इन्द्र ! पहले जो तुम शान्तचित्त से सन्तुष्ट होकर गए थे, तो किस इच्छा से फिर आए हो ?" तब उसने (इन्द्र ने) कहा—"हे भगवन् ! यद्यपि यह शरीर अन्ध होता है, तो भी वह (आत्मा) अन्ध नहीं होता। यद्यपि यह देह पंगु होता है तो भी वह (आत्मा) पंगु नहीं होता। इस शरीर के दोष से आत्मा दूषित होता ही नहीं। और—

न वधेनास्य हन्यते नास्य स्राम्येण स्रामो घ्नन्ति त्वेवैनं विच्छादयन्ती-वाप्रियवेत्तेव भवत्यपि रोदितीव नाहमत्र भोग्यं पश्यामीत्येवमेवैष मघवन्निति होवाचैतं त्वेव ते भूयोऽनुव्याख्यास्यामि वसाऽपराणि द्वात्रिꣳशतं वर्षाणीति स हाऽपराणि द्वात्रिꣳशतं वर्षाण्युवास तस्मै होवाच ॥4॥

इति दशमः खण्डः ॥

देह के वध से भी वह नष्ट नहीं होता। इस (देह) की पंगुता से वह पंगु नहीं हो जाता। फिर भी मानो उस आत्मा को कोई मारता हो, कोई पीटता हो, मानो वह अप्रिय का अनुभव करता हो, मानो वह रोता हो, ऐसा लगता है। मैं तो ऐसे आत्मज्ञान में कोई फल नहीं देख रहा हूँ।" इन्द्र के ऐसा कहने पर प्रजापति ने कहा—"हे इन्द्र ! वह ऐसा ही है। मैं तुम्हें फिर उपदेश दूँगा। और बत्तीस वर्ष ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए यहाँ रहो। अतः वह (इन्द्र) और बत्तीस वर्ष वहाँ रहा। बाद में प्रजापति बोले—

(यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

एकादशः खण्डः

तद्यत्रैतत् सुप्तः समस्तः सम्प्रसन्नः स्वप्नं न विजानात्येष आत्मेति होवाचैतदगृतमभयमेतद्ब्रह्मेति स ह शान्तहृदयः प्रवव्राज स हाप्राप्यैव देवानेतद्भयं ददर्श नाहं खल्वयमेवꣳ सम्प्रत्यात्मानं जानात्ययमहमस्मीति नो एवेमानि भूतानि विनाशमेवापीतो भवति नाहमत्र भोग्यं पश्यामीति ॥1॥

"उस अवस्था में जब यह सुप्तिमय जीव सोया हुआ होता है, दर्शनरहित, बहुत आनन्दित होकर स्वप्न भी नहीं देखता, वही आत्मा है, वही अमृत है, वही अभय है, वही ब्रह्म है।" प्रजापति के ऐसा कहने पर इन्द्र शान्तहृदय होकर चला गया। परन्तु, देवों के पास जाने के पहले ही उसके मन में भय (शंका) उत्पन्न हुआ कि सुषुप्ति में रहा हुआ यह आत्मा भी इस अवस्था में अपने को "मैं हूँ" इस प्रकार नहीं जानता है। और अन्य प्राणियों एवं पदार्थों को भी नहीं जानता है। मानो वह विनाश को ही प्राप्त हो जाता है। ऐसे आत्मा के ज्ञान से मैं कोई लाभ नहीं देखता।

स समित्पाणिः पुररेयाय। तꣳ ह प्रजापतिरुवाच मघवन्यच्छान्तहृदयः प्राव्राजीः किमिञ्छन्पुनरागम इति स होवाच नाहं खल्वयं भगव एवꣳ सम्प्रत्यात्मानं जानात्ययमहमस्तीति नो एवेमानि भूतानि विनाशमेवापीतो भवति नाहमत्र भोग्यं पश्यामीति ॥2॥

फिर से वह (इन्द्र) हाथ में समिधा लिए आया। प्रजापति ने उससे पूछा—"हे इन्द्र, पहले यहीं से तुम सन्तुष्ट-हृदय होकर गए थे, अब कौन-सी इच्छा से फिर से आए हो ?" तब इन्द्र बोला—"हे भगवन् ! सुषुप्ति में रहा हुआ आत्मा इस अवस्था में अपने आपको इस तरह नहीं जानता कि 'यह मैं हूँ।' और इन प्राणियों एवं पदार्थों को भी नहीं जानता। मानो वह नाश प्राप्त करता हुआ मालूम पड़ रहा है। ऐसे आत्मा के ज्ञान से मैं कोई लाभ नहीं देखता।"

एवमेवैष मघवन्निति होवाचैतं त्वेव ते भूयोऽनुव्याख्यास्यामि नो एवा-न्यत्रैतस्माद्वसापराणि पञ्च वर्षाणीति स हापराणि पञ्च वर्षाण्युवास। तान्येकशतं संपेदुरेतत्तद्यदाहुरेकशतꣳ ह वै वर्षाणि मघवान्प्रजापतौ ब्रह्मचर्यमुवास तस्मै होवाच ॥3॥

इत्येकादशः खण्डः ॥

प्रजापति बोले—"हे इन्द्र ! यह ऐसी ही बात है। इस आत्मा के विषय में मैं तुम्हें फिर अधिक उपदेश दूँगा। उस आत्मा से भिन्न कोई दूसरा आत्मा नहीं है। तुम और भी पाँच वर्ष तक यहाँ रहो।"

इन्द्र और भी पाँच वर्ष तक यहाँ रहे। इस प्रकार सब मिलकर एक सौ और एक वर्ष तक इन्द्र प्रजापति के यहाँ ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए रहे। तब प्रजापति बोले—

(यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

द्वादशः खण्डः

मघवन्मर्त्यं वा इदꣳशरीरमात्तं मृत्युना तदस्यामृतस्याशरीरस्यात्मनोऽधिष्ठानमात्तो वै सशरीरः प्रियाप्रियाभ्यां न वै सशरीरस्य सतः प्रियाप्रिययोरपहतिरस्त्यशरीरं वाव सन्तं न प्रियाप्रिये स्पृशतः ॥1॥

"हे इन्द्र! यह शरीर मरणशील ही है, मृत्यु से ग्रसित ही है। यह शरीर अमर और अशरीरी आत्मा का अधिष्ठान है (निवासस्थान है)। सशरीर आत्मा तो अवश्य प्रिय और अप्रिय से ग्रस्त है। जहाँ तक आत्मा शरीर में रहता है, वहाँ तक तो उसके प्रिय और अप्रिय का नाश नहीं हो सकता। पर जब वह शरीररहित होता है, तब प्रिय या अप्रिय उसका स्पर्श नहीं कर सकते।

अशरीरो वायुरभ्रं विद्युत्स्तनयित्नुरशरीराण्येतानि तद्यथैतान्यमुष्मादाकाशात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यन्ते ॥2॥

पवन देहरहित है। बादल, बिजली गड़गड़ाहट—सभी शरीररहित हैं। जिस प्रकार ये सब आकाश में से निकल कर परम तेज को पाकर अपने-अपने रूप में दिखाई पड़ते हैं—

एवमेवैष सम्प्रसादोऽस्माच्छरीरात्समुत्थाय परं ज्योतिरुपसम्पद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते। स उत्तमः पुरुषः स तत्र पर्येति जक्षत्क्रीडन्रममाणः स्त्रीभिर्वा यानैर्वा ज्ञातिभिर्वा नोपजनꣳ स्मरन्निदꣳ शरीरꣳ स यथा प्रयोग्य आचरणे युक्त एवमेवायमस्मिञ्छरीरे प्राणो युक्तः ॥3॥

उसी प्रकार सुप्रसन्न ज्ञानी जीव, इस शरीर से उठकर परंज्योति (विश्वात्मा) को प्राप्त करके अपने रूप में प्रकाशित हो उठता है। वह उत्तम पुरुष है। वह उस अवस्था में हँसता, खाता, खेलता, स्त्रियों के साथ, वाहनों के साथ, सगे-सम्बन्धियों के साथ आनन्द-प्रमोद करता हुआ भी परम आत्मा में लीन हो जाता है। अपने साथ उत्पन्न हुए शरीर का तो उसे स्मरण तक नहीं होता। रथ को खींचने के लिए जैसे बैल या घोड़े जोड़े जाते हैं, इसी तरह इस शरीर के साथ प्राण जुड़े हुए हैं, जिससे वह चारों ओर विचरण करता है।

अथ यत्रैतदाकाशमनुविषण्णं चक्षुः स चाक्षुषः पुरुषो दर्शनाय चक्षुरथ यो वेदेदं जिघ्राणीति स आत्मा गन्धाय घ्राणमथ यो वेदेदमभिव्याहराणीति स आत्माऽभिव्याहाराय वागथ यो वेदेदꣳ शृणवानीति स आत्मा श्रवणाय श्रोत्रम् ॥4॥

अब जिस नेत्रगोलक में नेत्रेन्द्रिय है उस इन्द्रियस्थ आत्मा को 'चाक्षुष आत्मा' कहा जाता है। उसे देखने के लिए आँख है (चक्षु के अधिष्ठाता देव आत्मरूप है, उसे देखने के उपकरणरूप आँख है) और जो "मैं सूँघता हूँ"—ऐसा जानता है, वह आत्मा है, और जिस उपकरण के द्वारा आत्मा सूँघता है, वह गन्ध का उपकरण घ्राणेन्द्रिय है। इसी तरह जो कहता है कि "मैं बोलता हूँ।" वह आत्मा है और जिस उपकरण से वह आत्मा बोलता है, वह वागिन्द्रिय है। जो कहता है कि "मैं सुनता हूँ" वह आत्मा है, और जिस उपकरण से वह सुनता है वह श्रोत्रेन्द्रिय है।

अथ यो वेदेदं मन्वानीति स आत्मा मनोऽस्य दैवं चक्षुः स वा एष एतेन दैवेन चक्षुषा मनसैतान् कामान् पश्यन् रमते य एते ब्रह्मलोके ॥5॥

"मैं सोचता हूँ"—ऐसा जो कहता (मानता) है, वह आत्मा है। उसके सोचने के उपकरण को मन कहा जाता है। मन आत्मा का दिव्य नेत्र है। ज्ञानी आत्मा मनरूपी दैवी आँख से सब सुखों को जो कि ब्रह्मलोक में होते हैं, समझकर आनन्द लेता है।

तं वा एतं देवा आत्मानमुपासते तस्मात्तेषाꣳ सर्वे च लोका आत्ताः सर्वे च कामाः स सर्वाꣳश्च लोकानाप्नोति सर्वाꣳश्च कामान्यस्तमात्मानमनुविद्य विजानातीति ह प्रजापतिरुवाच प्रजापतिरुवाच ॥6॥

इति द्वादशः खण्डः ॥

"जो भोग ब्रह्मलोक में हैं, उन्हें देखते-खेलते हुए इस आत्मा की देवलोग भी उपासना करते हैं। इसीलिए इस आत्मा को सभी लोक और सभी भोग प्राप्त ही हैं। जो मनुष्य आत्मा को शास्त्र और आचार्य के उपदेश द्वारा अच्छी तरह से जान लेता है अर्थात् अनुभव कर लेता है, वह सभी लोकों को प्राप्त कर लेता है। उसकी सभी कामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं"—ऐसा प्रजापति ने कहा, ऐसा प्रजापति ने कहा।

(यहाँ बारहवाँ खण्ड पूरा हुआ)

❋

त्रयोदशः खण्डः

श्यामच्छबलं प्रपद्ये शबलाच्छ्यामं प्रपद्येऽश्व इव रोमाणि विधूय पापं चन्द्र इव राहोर्मुखात्प्रमुच्य धूत्वा शरीरमकृतं कृतात्मा ब्रह्मलोकमभिसम्भवामीत्यभिसम्भवामीति ॥1॥

इति त्रयोदशः खण्डः ॥

श्याम (हृदयस्थ) ब्रह्म से मैं शबल ब्रह्म (ब्रह्मलोक) को प्राप्त होऊँ, और शबलब्रह्म (ब्रह्मलोक) से मैं श्याम (हृदयस्थ) ब्रह्म को प्राप्त होऊँ। जिस तरह अश्व अपने शरीर को कँपाकर रोंगटों और धूल को झाड़ देता है, वैसे ही मैं ज्ञान से सभी पापों को झाड़ दूँ। जैसे चन्द्र राहु के मुख से छूटता है, वैसे ही मैं शरीर से छूटकर कृतकृत्य होकर ब्रह्मलोक को प्राप्त करूँ।

(यहाँ तेरहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशः खण्डः

आकाशो वै नाम नामरूपयोर्निर्वहिता। ते यदन्तरा तद्ब्रह्म तदमृतꣳ स आत्मा प्रजापतेः सभां वेश्म प्रपद्ये यशोऽहं भवामि ब्राह्मणानां यशो राज्ञां यशो विशां यशोऽहमनुप्रापत्सि स हाहं यशसां यशः श्येतमदत्कमदत्कꣳ श्येतं लिन्दु माभिगां लिन्दु माभिगाम् ॥1॥

इति चतुर्दशः खण्डः ॥

आकाश नामक आत्मा नाम और रूप का निर्वाहक है। नाम और रूप जिसके अन्तर्गत हैं, वह ब्रह्म है, वही अमृत है, वही आत्मा है। मैं प्रजापति के सभागृह को प्राप्त करता हूँ। मैं यशोनामधारी

आत्मा हूँ। मैं ब्राह्मणों के यशोरूप, क्षत्रियों के यशोरूप, वैश्यों के यशोरूप आत्मा को प्राप्त होना चाहता हूँ। वह मैं यशों का भी यश हूँ। पक्व बेर जैसे लाल, दाँत न होने पर भी खाने वाले दन्तरहित चिकने स्त्रीचिह्न को (स्त्री के गर्भ को) मैं कभी प्राप्त न होऊँ।

(यहाँ चौदहवाँ खण्ड पूरा हुआ)

❋

पञ्चदशः खण्डः

तद्धैतद्ब्रह्मा प्रजापतय उवाच प्रजापतिर्मनवे मनुः प्रजाभ्य आचार्यकुलाद्वेदमधीत्य यथाविधानं गुरोः कर्मातिशेषेणाभिसमावृत्य कुटुम्बे शुचौ देशे स्वाध्यायमधीयानो धार्मिकान्विदधदात्मनि सर्वेन्द्रियाणि सम्प्रतिष्ठाप्याहिꣳसन् त्सर्वभूतान्यन्यत्र तीर्थेभ्यः स खल्वेवं वर्तयन्यावदायुषं ब्रह्मलोकमभिसम्पद्यते न च पुनरावर्तते न च पुनरावर्तते ॥1॥

इति पञ्चदशः खण्डः ॥

इति छान्दोग्योपनिषदि अष्टमोऽध्यायः ॥8॥

इति छान्दोग्योपनिषत्समाप्ता ॥

यह आत्मज्ञान ब्रह्मा ने प्रजापति को सुनाया। प्रजापति ने मनु को और मनु ने प्रजाओं को सुनाया। आचार्य से वेद का अध्ययन करके, नियमानुसार गुरु के काम करके शेष समय में स्वाध्याय करके, गुरुकुल से निवृत्त होकर, समावर्तन संस्कार प्राप्त करके, कुटुम्ब में स्थिर होकर, पवित्र स्थान में स्वाध्याय करते रहकर, पुत्रों-शिष्यों को धार्मिक बनाकर, सभी इन्द्रियों को अन्तःकरण में स्थापित करके, शास्त्राज्ञा से अतिरिक्त हिंसा न करके, जहाँ तक आयुष्य हो वहाँ तक इसी प्रकार से रहकर ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। और फिर से वह (यहाँ जगत् में) वापिस नहीं आता। वह बाद में कभी वापस नहीं लौटता।

(यहाँ पंद्रहवाँ खण्ड पूरा हुआ।)

यहाँ छान्दोग्योपनिषद् में आठवाँ अध्याय समाप्त हुआ।

इस प्रकार छान्दोग्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुः श्रोत्रमथो बलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मौपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोदनिराकरणमस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(10) बृहदारण्यकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

बृहदारण्यकोपनिषद् अपने नाम से ही सूचित करती है कि यह उपनिषद् एक बड़ी (बृहद् = बड़ी लंबी) उपनिषद् है। यह उपनिषद् शुक्लयजुर्वेद के अन्तर्गत सुप्रसिद्ध शतपथ ब्राह्मण का ही एक भाग है। शतपथब्राह्मण की दो वाचनाएँ हैं। एक काण्वशाखीय वाचना है और दूसरी माध्यन्दिन शाखीय वाचना है। कण्वशाखा की वाचना के सत्रह काण्ड हैं और माध्यन्दिन शाखा के केवल चौदह हैं। शतपथब्राह्मण की सत्रह काण्डोंवाली काण्वशाखीय वाचना के तीन से आठ अध्याय—कुल छः अध्याय ही यह 'बृहदारण्यक उपनिषद्' है और शतपथब्राह्मण की चौदह काण्ड वाली माध्यन्दिन शाखा वाली वाचना के चार से नौ काण्ड (कुल छः काण्ड) ही यह बृहदारण्यक उपनिषद् है।

अतः इस उपनिषद् के छः अध्याय हैं। अध्यायों को 'खण्डों' या 'ब्राह्मणों' में विभाजित किया गया है। और उन खण्डों या ब्राह्मणों को भी 'कण्डिकाओं' में विभाजित किया गया है। कण्डिकाओं की समानता मन्त्रों से की जा सकती है। इस उपनिषद् में ऐसी 435 कण्डिकाएँ हैं, 47 ब्राह्मण या खण्ड हैं और छः अध्याय हैं।

इस उपनिषद् के विभागीकरण का एक दूसरा भी प्रकार है। पहले दो अध्यायों वाले एक विभाग को 'मधुकाण्ड' कहा गया है। बीच के दो अध्यायों (3 और 4 अध्यायों) को 'मुनिकाण्ड' कहा जाता है। 'मुनिकाण्ड' को 'याज्ञवल्क्य काण्ड' भी कहते हैं। अन्तिम दो अध्यायों को (5 और 6 को) 'खिलकाण्ड' कहा गया है। ये तीन काण्ड क्रमशः उपदेश, उपपत्ति और उपासना के तीन विषयों का विश्लेषण करते हैं। इन तीनों काण्डों में मुनिकाण्ड अथवा याज्ञवल्क्यकाण्ड अत्यंत महत्त्व का है। उसमें इस उपनिषद् की कण्डिकाओं में से आधी संख्या में कण्डिकाएँ शामिल हो जाती हैं। ऋषि याज्ञवल्क्य इस काण्ड के प्रधान वक्ता हैं। इन्होंने इसमें आत्मा का (ब्रह्म का) तत्त्वज्ञान बड़ी ही ओजस्विता से निरूपित किया है। और ब्रह्म या आत्मा सम्बन्धी अनेकानेक आनुषंगिक विषयों पर भी अपने उपदेशों में उनका सूक्ष्म निरूपण किया है। किसी भी युग के विश्व के महान् चिन्तकों में मुनि याज्ञवल्क्य को सहज ही उच्च आसन प्राप्त है।

प्रथम अध्याय में छः ब्राह्मण हैं। आरंभ के अश्वमेध ब्राह्मण में यज्ञीय अश्व के अवयवों में विराट् के अवयवों की दृष्टि बताई है। आगे जाकर प्रजापति के दोनों पुत्रों—देवों और असुरों का विग्रह बताया है। ये देव और असुर इन्द्रियों की शुभाशुभ वृत्तियों का रोचक रूपक है। दूसरे अध्याय के गर्विष्ठ बालाकि और तत्त्वज्ञानी अजातशत्रु के संवाद द्वारा उदात्त चित्तवालों की गुणग्राहिता बताई है। इसमें ब्रह्मज्ञान की महत्ता भी दिखाई देती है। इसी अध्याय के चौथे ब्राह्मण में याज्ञवल्क्य और मैत्रेयी का संवाद है। यह संवाद सुप्रसिद्ध है। ब्रह्मवादिनी मैत्रेयी ने याज्ञवल्क्य की भौतिक पूँजी छोड़कर आत्मज्ञानी बनना चाहा। उसने अपनी पूरी पूँजी

याज्ञवल्क्य की दूसरी पत्नी कात्यायनी को दे दी। इसके बाद आने वाला मधुब्राह्मण है। यहाँ 'मधु' का अर्थ, 'उपकार्य = उपकारकभाव' होता है। इस ब्राह्मण में अधिष्ठान-दृष्टि से संपूर्ण प्रपंच की ब्रह्मरूपता निरूपित है। आत्मतत्त्व अपनी एक ही मायाशक्ति से अनेक रूप धारण करके क्रीड़ा करता है—यह बात 'इन्द्रो मायाभि:' इत्यादि श्रुति से कही गई है।

इसके बाद के दो अध्याय मुनिकाण्ड या याज्ञवल्क्य काण्ड के हैं। आरंभ के तीसरे अध्याय में जनक के यज्ञ का प्रसंग है। "यज्ञ में आए हुए विद्वानों में से सबसे बड़ा ज्ञानी ही गोशाला से सुवर्णमण्डित गायों को ले जाए"—जनक की ऐसी घोषणा थी, तब उपस्थित विद्वानों में से कोई भी अपने आपको सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी न मान सका। अत: याज्ञवल्क्य ने उन गायों को अपने आश्रम में शिष्य के द्वारा ले जाने का आदेश दिया। इस पर अन्य ब्राह्मण क्षुब्ध हो उठे। उन्होंने याज्ञवल्क्य से अनेकानेक ब्रह्मपरक प्रश्न पूछे और याज्ञवल्क्य ने उनका परितोषजनक उत्तर भी दिया। अन्त में ब्रह्मवादिनी गार्गी ने कारणमाला पूछी। जब गार्गी ने ब्रह्म का कारण पूछा, तब याज्ञवल्क्य बोले—यह अतिप्रश्न है। नि:संदिग्ध वस्तु में सन्देह तो अपराध ही है। ऐसा अपराध करने से शाकल्य का सिर कट गया था। फिर याज्ञवल्क्य ने भी ब्राह्मणों से अनेक प्रश्न पूछे, पर कोई किसी भी प्रश्न का उत्तर न दे सका। याज्ञवल्क्य की विजय के साथ यह अध्याय समाप्त होता है।

चौथा अध्याय जनक-याज्ञवल्क्य संवाद से शुरू होता है। इसमें याज्ञवल्क्य वाक्, प्राण आदि के स्थान को बताकर उनकी उपासना और उपासना का फल बताते हैं। उन उपासनाओं को ही जीवन का परमलक्ष्य समझकर जनक ने याज्ञवल्क्य को हजार गायें दान में देना चाहा। पर शिष्य का श्रेय चाहनेवाले याज्ञवल्क्य ने बाद के ब्राह्मण में परमात्मा के विराट् स्वरूप का उपदेश दिया और विराट् स्वरूप की सर्वव्यापी निर्गुण के साथ एकरूपता बताई। तब कृतकृत्य जनक ने अपने आपको तथा समस्त राज्य को गुरुदेव के चरणों में अर्पित कर दिया। इस अध्याय के तीसरे और चौथे ब्राह्मण में प्रश्नोत्तर के रूप में आत्मतत्त्व का विस्तृत वर्णन है। आत्मा के ज्योतिरूप का निर्णय किया गया है। पाँचवें ब्राह्मण में याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी संवाद है और छठे ब्राह्मण में आचार्य परंपरा के उल्लेख के बाद मुनिकाण्ड समाप्त होता है।

पाँचवें अध्याय से खिलकाण्ड का प्रारंभ होता है। इसमें कई प्रकार की उपासनाएँ वर्णित हैं। प्रजापति की तीन सन्तानें (देव, असुर और मनुष्य) प्रजापति के पास ज्ञान प्राप्त करने के लिए जाते हैं। प्रजापति तीनों को एक वर्ण 'द' का उपदेश देते हैं। इस एक ही अक्षर से तीनों को अपने-अपने योग्य उपदेश मिल जाता है। भोगप्रधान देव 'द' का अर्थ इन्द्रियदमन समझ लेते हैं, क्रूर प्रकृति वाले असुर 'द' का अर्थ 'दया' समझ लेते हैं और अर्थलोलुप मनुष्य 'द' का अर्थ 'दान' समझ लेते हैं। तीनों कृतकृत्य हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त और कई प्रकार की उपासनाएँ दी गई हैं।

छठें अध्याय के प्रथम ब्राह्मण में इन्द्रियों के विवाद के माध्यम से प्राण की श्रेष्ठता बताई गई है। दूसरे में श्वेतकेतु तथा उसके पिता आरुणि को पांचाल देश के राजा प्रवाहण की दी हुई पंचाग्निविद्या का वर्णन है (छान्दोग्योपनिषद् में भी यह वर्णन आता है)। बाद के

तीसरे और चौथे ब्राह्मण में श्रीमन्थ और पुत्रमन्थ कर्मों का वर्णन है। ये दोनों कर्म परस्पर जुड़े हुए हैं। और पाँचवें ब्राह्मण में आचार्यपरंपरा है। यहाँ उपनिषद् की समाप्ति होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

वह (परमात्मा) पूर्ण है, और यह (कार्य ब्रह्म - जगत्) भी पूर्ण ही है। क्योंकि पूर्ण में से ही पूर्ण की उत्पत्ति होती है। तथा (प्रलयकाल में) पूर्ण का अर्थात् कार्यब्रह्मरूप जगत् का पूर्णत्व लेकर केवल परब्रह्म (कारण ब्रह्म) ही शेष रहता है।

ॐ त्रिविध तापों की शान्ति हो।

अथ प्रथमोऽध्यायः

प्रथमं ब्राह्मणम्

[ॐ नमो ब्रह्मादिभ्यो ब्रह्मविद्यासम्प्रदायकर्तृभ्यो वंश ऋषिभ्यो नमो गुरुभ्यः॥]

ब्रह्मविद्या-सम्प्रदाय के प्रवर्तक वंश ब्राह्मणोक्त गुरुपरम्परा ब्रह्मादि गुरुजनों को नमस्कार हो।

ॐ उषा वा अश्वस्य मेध्यस्य शिरः। सूर्यश्चक्षुर्वातः प्राणो व्यात्तमग्निर्-वैश्वानरः संवत्सर आत्माश्वस्य मेध्यस्य। द्यौः पृष्ठमन्तरिक्षमुदरं पृथिवी पाजस्यम्। दिशः पार्श्वे अवान्तरदिशः पर्शव ऋतवोऽङ्गानि मासाश्चार्ध-मासाश्च पर्वाण्यहोरात्राणि प्रतिष्ठा नक्षत्राण्यस्थीनि नभो मांसानि। ऊवध्यꣳ सिकताः सिन्धवो गुदा यकृच्च क्लोमानश्च पर्वता ओषधयश्च वनस्पतयश्च लोमानि उद्यन् पूर्वार्धो निम्लोचञ्जघनार्धो तद्विजृम्भते यद्वि-द्योतते यद्विधूनुते तत्स्तनयति यन्मेहति तद्वर्षति वागेवास्य वाक्॥1॥

उषा (ब्राह्म मुहूर्त्त) ही मेध्य अश्व (यज्ञीय मेधार्ह अश्व) का मस्तक है। सूर्य नेत्र है, वायु प्राण है, वैश्वानर अग्नि उसका खुला हुआ मुख है, संवत्सर ही मेध्य अश्व का आत्मा है, द्युलोक उसकी पीठ है, अन्तरिक्ष उदर है, पृथ्वी पैर रखने का स्थान है, दिशाएँ पार्श्वभाग हैं, ईशानादि (अवान्तर) दिशाएँ उसकी पसलियाँ हैं, ऋतुएँ अवयव हैं, मास और अर्धमास सन्धियाँ हैं, दिन-रात उसके पैर हैं, नक्षत्र हड्डियाँ हैं, आकाशस्थ मेघ मांस है, रेती उसका उदरस्थ (आधा पचा हुआ) अन्न है, नदियाँ नाडियाँ हैं, पर्वत यकृत और क्लोम (हृदय की दाँई-बाँई ओर आए हुए दो मांसखण्ड) हैं, औषधियाँ और वनस्पतियाँ उसके केश और रोंगटे हैं, सूर्योदय से लेकर मध्याह्न तक का पूर्वार्ध उसका नाभि के ऊपर का भाग है, मध्याह्न के बाद अस्त की ओर जाता हुआ दिन का उत्तरभाग उसकी कमर के नीचे का भाग है, बिजली का चमकना उसकी जम्भाई है, मेघगर्जना उसके शरीर की हलचल है, वर्षा उसका मूत्रत्याग है, शब्द-घोष ही उसकी वाणी है।

अहर्वा अश्वं पुरस्तान्महिमान्वजायत तस्य पूर्वे समुद्रे योनी रात्रिरेनं पश्चान्महिमान्वजायत तस्यापरे समुद्रे योनिरेतौ वा अश्वं महिमानावभितः सम्बभूवतुः। हयो भूत्वा देवानवहद्वाजी गन्धर्वानर्वाऽसुरानश्वो मनुष्यान् समुद्र एवास्य बन्धुः समुद्रो योनि ॥2॥

इति प्रथमं ब्राह्मणम् ॥

इस घोड़े के सामने दिवस (दिन) 'महिमा' स्वरूप सुवर्णपात्र होकर उदित हुआ। इस दिवस का पूर्व समुद्र में जन्म हुआ। इस घोड़े के पिछले भाग में रात्रि, 'महिमा' स्वरूप रजतपात्र होकर उगी। उस रात का पश्चिम समुद्र में जन्म हुआ। 'महिमा' नामवाले सोने के और चाँदी के दो पात्र अश्वरूपी जगत् की दोनों ओर रखे हुए थे। वह घोड़ा हय बनकर देवों का वहन कर गया, 'वाजी' बन कर गन्धर्वों को और अश्व बनकर मनुष्यों को वहन कर ले गया। सागर ही उसका जन्मस्थान और उसका बन्धु है।

(यहाँ पहला ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयं ब्राह्मणम्

नैवेह किंचनाग्र आसीन्मृत्युनैवेदमावृतमासीत्। अशनायया हि मृत्युस्तन्मनोऽकुरुतात्मन्वी स्यामिति। सोऽर्चन्नचरत्तस्यार्चत आपोऽजायन्तार्चते वै मे कमभूदिति तदेवार्कस्यार्कत्वम् कꣳ ह वा अस्मै भवति य एवमेतदर्कस्यार्कत्वं वेद ॥1॥

यहाँ पहले कुछ भी नहीं था। यह सब कुछ मृत्यु से ही ढँका हुआ था। अथवा भूख से ढँका हुआ था। क्योंकि भूख ही मृत्यु है। (मृत्यु ने सोचा—) "मैं आत्मावाला बनूँ।" फिर उसने 'मन' को बनाया। वह (मृत्यु) विचाररूप पूजा करता हुआ घूमने लगा। पूजारूप विचार करते-करते उसमें से जल पैदा हुआ। (मृत्यु ने माना कि—) पूजा करते-करते मुझमें से जल पैदा हुआ है। वही 'अर्क' का अर्कत्व है। ('अर्'=पूजा और 'क'=जल) इसीलिए अग्नि का नाम 'अर्क' पड़ा। जो कोई इस तरह 'अर्क' का 'अर्कत्व' जानता है उसको अवश्य 'क' (सुख) मिलता है।

आपो वा अर्कस्तद्यदपाꣳ शर आसीत्समहन्यत सा पृथिव्यभवत्तस्याम-श्राम्यत्तस्य श्रान्तस्य तप्तस्य तेजो रसो निरवर्ततााग्निः ॥2॥

अथवा जल ही अर्क है। जल का जो स्थूल भाग था वह इकट्ठा हो गया। वह पृथ्वी बनी। पृथ्वी के उत्पन्न होने के बाद उस प्रजापति अर्थात् मृत्यु को श्रम हुआ। श्रमित और तप्त प्रजापति में से तेज के साररूप (रसरूप) अग्नि निकल आया।

स त्रेधात्मानं व्याकुरुतादित्यं तृतीयं वायुं तृतीयꣳ स एष प्राणस्त्रेधा विहितः। तस्य प्राची दिक्छिरोऽसौ चासौ चेर्मी। अथास्य प्रतीची दिक् पुच्छमसौ चासौ च सक्थ्यौ। दक्षिणा चोदीची च पार्श्वे द्यौः पृष्ठमन्तरिक्षमुदरमियमुरः स एषोऽप्सु प्रतिष्ठितो यत्र क्व चैति तदेव प्रतितिष्ठत्येवं विद्वान् ॥3॥

उस प्रजापति ने अपने तीन भाग किए—आदित्य को अग्नि और वायु की अपेक्षा तीसरा भाग बनाया और अग्नि और वायु की अपेक्षा वायु को तीसरा भाग बनाया। फिर प्राण भी तीन भागों में बँट

गया। पूर्व दिशा अग्नि का मस्तक है, ईशान और आग्नेय कोण उसके दो हाथ हैं। पश्चिम दिशा उसका पुच्छ है, वायव्य और नैर्ऋत्य कोण उसकी दो जाँघें हैं। दक्षिण और उत्तर दिशाएँ उसके पार्श्व हैं। आकाश पीठ है, अन्तरिक्ष उदर है, यह पृथ्वी हृदय है। यह प्रजापतिरूप अग्नि जल में रहा है। जो इस विराट् को इस प्रकार जानता है, वह जहाँ जाता है, प्रतिष्ठित हो जाता है।

सोऽकामयत द्वितीयो म आत्मा जायेतेति स मनसा वाचं मिथुनꣳ समभवदशनाया मृत्युस्तद्रेत आसीत्स संवत्सरोऽभवत्। न ह पुरा ततः संवत्सर आस। तमेतावन्तं कालमबिभः। यावान्संवत्सरस्तमेतावतः कालस्य परस्तादसृजत। तं जातमभिव्याददात्स भाणकरोत्सैव वाग-भवत् ॥4॥

फिर मृत्यु ने चाहा कि—"मेरा दूसरा आत्मा पैदा हो।' उस अशनायारूप मृत्यु ने मन से वेदरूप वाणी की द्वन्द्वभाव से भावना की (मन को वाणी के साथ जोड़ा)। उससे जो रेत (बीज) हुआ, वह संवत्सर हुआ। यह सच है कि इससे पहले संवत्सर था ही नहीं। उस संवत्सर को प्रजापति ने इतने समय तक गर्भ में धारण किया (एक संवत्सर तक धारण किया)। एक संवत्सर परिमित काल के बाद उसने उसको जन्म दिया। उस उत्पन्न हुए कुमार को खा जाने की इच्छा से मृत्यु ने उसकी ओर मुँह फाड़ा। तब उसने (कुमार ने) 'भाण्' ऐसी चीख की। यह चीख ही वाणी हुई।

स ऐक्षत यदि वा इममभिमꣳस्ये कनीयोऽन्नं करिष्य इति। स तया वाचा तेनात्मनेदꣳ सर्वमसृजत यदिदं किंचर्चो यजूꣳषि सामानि छन्दाꣳसि यज्ञान् प्रजाः पशून्। स यद्यदेवासृजत तत्तदत्तुमध्रियत सर्वं वा अत्तीति तददितेरदितित्वꣳ सर्वस्यैतस्यात्ता भवति सर्वमस्यान्नं भवति य एवमे-तददितेरदितित्वं वेद ॥5॥

मृत्यु ने सोचा—"मैं यदि इसको खा जाऊँगा तो अत्यल्प अन्न ही ग्रहण करूँगा।" बाद में उसने उस वाणी और उस आत्मा से (दोनों के संयोग से) ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, छन्द, यज्ञ, मनुष्यों और पशुओं को उत्पन्न किया। फिर उसने जो-जो उत्पन्न किया उसको खा जाने का निश्चय कर वह सबको खा जाता है, इसलिए उसका नाम 'अदिति' पड़ा। वह इस सारे जगत् को खा जाता है सब कुछ उसका अन्न होता है। जो इस अदिति का अदितित्व (सच्चा स्वरूप) जान लेता है, उसके लिए सारा जगत् अन्नरूप बनता है।

सोऽकामयत भूयसा यज्ञेन भूयो यजेयेति। सोऽश्राम्यत्स तयोऽतप्यत तस्य श्रान्तस्य तप्तस्य यशो वीर्यमुदक्रामत् प्राणा वै यशो वीर्यं तत्प्राणे-षूत्क्रान्तेषु शरीरꣳश्वयितुमध्रियत तस्य शरीर एव मन आसीत् ॥6॥

मृत्यु ने सोचा—"मैं फिर से बड़े यज्ञ से यजन करूँ।" उसको श्रम हुआ। उसने कठिन तप किया। थके हुए और तपे हुए उसके यश और वीर्य-बल उसमें से निकल आए (चले गए) प्राण ही तो यश और वीर्य है। प्राणों के निकल जाने के बाद शरीर फूलने लगा (विकृत होने लगा) फिर भी उसका मन तो शरीर में ही था।

सोऽकामयत मेध्यं म इदꣳस्यादात्मन्व्यनेन स्यामिति। ततोऽश्वः समभ-वद्यदश्वत्तन्मेध्यमभूदिति तदेवाश्वमेधस्याश्वमेधत्वम्। एष ह वा अश्वमेधं

वेद य एनमेवं वेद । तमनवरुध्यैवामन्यत । तꣳ संवत्सरस्य परस्तादात्मन आलभत पशून्देवताभ्यः प्रत्यौहत् । तस्मात्सर्वदेवत्यं प्रोक्षितं प्राजापत्य-मालभन्ते । एष ह वा अश्वमेधो य एष तपति तस्य संवत्सर आत्माऽय-मग्निरर्कस्तस्येमे लोका आत्मानस्तावेतावर्काश्वमेधौ । सो पुनरेकैव देवता भवति मृत्युरेवाप पुनर्मृत्युं जयति नैनं मृत्युराप्नोति मृत्युरस्यात्मा भवत्येतासां देवतानामेको भवति ॥7॥

इति द्वितीयं ब्राह्मणम् ॥

उस (मृत्यु) ने कामना की कि—"मेरा यह शरीर मेध्य-यज्ञ के लिए योग्य (पवित्र) हो और इस शरीर से मैं आत्मा वाला होऊँ।" तब यह शरीर अश्वत् (अर्थात् फैलकर बड़ा) हो गया। वह शरीर मेध्य (यज्ञयोग्य पवित्र) था। यही तो 'अश्वमेध' का 'अश्वमेधत्व' (सच्चा स्वरूप) है। जो इसे इस प्रकार जानता है, वही अश्वमेध को जानता है। उस घोड़े को उसने मुक्त माना (किया)। एक वर्ष के बाद उस घोड़े का मृत्युरूप प्रजापति ने अपने लिए ही वध किया और अन्य पशुओं को भी देवताओं के पास पहुँचाया। इसलिए (याज्ञिक लोग) सब देवताओं के लिए अभिषिक्त ऐसे प्रजापति सम्बन्धी अश्व को धरने के लिए पशु का वध करते हैं। जो तपता अर्थात् प्रकाशित होता है (सूर्य), वह अश्वमेध है, संवत्सर (वर्ष) उसका शरीर है, अग्नि उसका अर्क है, समस्त लोक ही उसका आत्मा है। इस प्रकार अर्क और आदित्य के रूप समझने चाहिए। और वे दोनों भी एक ही मृत्युरूप प्रजापति देवता हैं। ऐसा जो जानता है, वह मृत्यु को जीत लेता है। इस प्रकार जाननेवाले को मृत्यु प्राप्त नहीं होता। मृत्यु तो उसकी आत्मा ही हो जाता है। ऐसा जाननेवाला देवताओं में से एक हो जाता है।

(यहाँ दूसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

तृतीयं ब्राह्मणम्

द्वया ह प्राजापत्या देवाश्चासुराश्च । ततः कनीयसा एव देवा ज्यायसा असुरास्त एषु लोकेष्वस्पर्धन्त । ते ह देवा ऊचुर्हन्तासुरान्यज्ञ उद्गीथे-नात्ययामेति ॥1॥

प्रजापति के दो प्रकार के पुत्र थे—देव और असुर। उनमें देव कम थे और असुर अधिक थे। वे दोनों इन लोकों में परस्पर स्पर्धा करने लगे। उनमें से देवों ने कहा—"अरे, हम यज्ञ में उद्गीथ के द्वारा असुरों से आगे बढ़ जाएँ।" (असुरों को हटा दें।)

ते ह वाचमूचुस्त्वं न उद्गायेति तथेति तेभ्यो वागुदगायत् । यो वाचि भोगस्तं देवेभ्य आगायत् यत् कल्याणं वदति तदात्मने । ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्येष्यन्तीति तमभिद्रुत्य पाप्मनाविध्यन्स यः स पाप्मा यदे-वेदमप्रतिरूपं वदति स एव स पाप्मा ॥2॥

उन्होंने (देवों ने) वाणी से कहा—"तुम हमारे लिए उद्गीथ का गान करो।" वाणी बोली—"ठीक है।" फिर देवों के लिए वाणी ने उद्गीथ का गान किया। वाणी में जो भोग्य वस्तु थी, वह उसने देवों के लिए गाई। किन्तु वाणी जो हितवचन बोलती है, वह तो अपने ही उपयोग के लिए किया

हुआ वचन था। असुरों ने यह जाना कि इस गाने वाली की सहाय से ही देव हमें हरा देंगे। इसलिए वे दौड़कर वाणी के पास गए और उसको पाप से बींध डाला। वाणी जो अयोग्य बोलती है, वही पाप है।

अथ ह प्राणमूचुस्त्वं न उद्गायेति तथेति तेभ्यः प्राण उदगायद्यः प्राणे भोगस्तं देवेभ्य आगायद्यत् कल्याणं जिघ्रति तदात्मने । ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्येष्यन्तीति तमभिद्रुत्य पाप्मनाऽविध्यन्स यः स पाप्मा यदेवेद-मप्रतिरूपं जिघ्रति स एव स पाप्मा ॥3॥

इसके बाद देवों ने प्राण से (श्वास से) कहा कि—"तुम हमारे लिए उद्गीथ का गान करो।" प्राण बोला—"ठीक है।" फिर देवों के लिए श्वास ने उद्गीथ का गान किया। प्राण में जो भोग्य वस्तु थी, वह उसने देवों के लिए गाई। पर श्वास जो शुद्ध वस्तु सूँघता है, वह उसके अपने उपयोग के लिए था। असुरों ने यह जाना कि इस उद्गाता की सहाय से देव हमें हरा देंगे। तब उन्होंने दौड़कर श्वास के पास जाकर उसे पाप से बींध डाला। श्वास जो खराब चीज सूँघता है, वही पाप है।

अथ ह चक्षुरूचुस्त्वं न उद्गायेति तथेति तेभ्यश्चक्षुरुदगायत् । यश्चक्षुषि भोगस्तं देवेभ्य आगायद्यत्कल्याणं पश्यति तदात्मने । ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्येष्यन्तीति तमभिद्रुत्य पाप्मनाविध्यन्स यः स पाप्मा यदेवेद-मप्रतिरूपं पश्यति स एव स पाप्मा ॥4॥

इसके बाद उन्होंने आँख से कहा—"तुम हमारे लिए उद्गीथ का गान करो।" आँख बोली—"ठीक है।" फिर देवों के लिए आँख ने उद्गीथ का गान किया। आँख में जो भोग्य वस्तु थी, वह उसने देवों के लिए गाई। पर जो कल्याण-प्रदर्शन होता है, वह तो उसने अपने लिए ही किया। असुरों ने यह जाना कि इस उद्गाता की सहाय से देव हमें हरा देंगे, तब उन्होंने दौड़कर आँख के पास जाकर उसे पाप से बींध डाला। आँख जिस न देखने लायक वस्तु को देखती है, वही तो पाप है।

अथ ह श्रोत्रमूचुस्त्वं न उद्गायेति तथेति तेभ्यः श्रोत्रमुदगायद्यः श्रोत्रे भोगस्तं देवेभ्य आगायद्यत्कल्याणं शृणोति तदात्मने । ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्येष्यन्तीति तमभिद्रुत्य पाप्मनाऽविध्यन्स यः स पाप्मा यदेवेद-मप्रतिरूपꣳ शृणोति स एव स पाप्मा ॥5॥

तब देवों ने श्रोत्र से कहा—"तुम हमारे लिए उद्गीथ का गान करो।" श्रोत्र बोला—"ठीक है।" फिर श्रोत्र ने जो भोग्य वस्तु थी वह देवों के लिए गाई। परन्तु जो श्रेयस्कर वस्तु का श्रवण था वह अपने लिए ही रखा। असुरों ने जब यह जाना कि इस उद्गाता की सहाय से देव हमें हरा देंगे, तब वे दौड़ कर श्रोत्र के पास गए और उसे पाप से बींध डाला। श्रोत्र जो खराब सुनता है, वही यह पाप है।

अथ ह मन ऊचुस्त्वं न उद्गायेति तथेति तेभ्यो मन उदगायद्यो मनसि भोगस्तं देवेभ्य आगायद्यत् कल्याणं संकल्पयति तदात्मने । ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्येष्यन्तीति तमभिद्रुत्य पाप्मनाऽविध्यन्स यः स पाप्मा यदेवेदमप्रतिरूपंꣳ संकल्पयति स एव स पाप्मैवमु खल्वेता देवताः पाप्मभिरुपासृजन्नेवमेनाः पाप्मनाऽविध्यन् ॥6॥

तब देवों ने मन से कहा—"तुम हमारे लिए उद्गीथ का गान करो।" मन बोला—"ठीक है।" मन ने उन देवों के लिए जो भोग्य वस्तु थी वही गाई। परन्तु जो कल्याणकारी संकल्प थे उन्हें तो अपने लिए ही रख लिया। असुरों ने जब जाना कि इस उद्गाता की सहाय से देव हमें हरा देंगे, तो वे दौड़कर मन के पास पहुँचे और मन को पाप से बींध डाला। मन जो ये बुरे संकल्प करता है वही पाप है। इस प्रकार सभी इन्द्रियों के अधिदेव पाप से विद्ध हो गये। इस प्रकार ये इन्द्रियाँ पाप से आविष्ट हो गईं।

अथ हेममासन्यं प्राणमूचुस्त्वं न उद्गायेति तथेति तेभ्य एष प्राण उदगायत्ते विदुरनेन वै न उद्गात्रात्येष्यन्तीति तदभिद्रुत्य पाप्मना-विव्यत्सन् स यथाश्मानमृत्वा लोष्टो विध्वꣳसे तैवꣳहैव विध्वꣳसमाना विष्वञ्चो विनेशुस्ततो देवा अभवन् परासुराः भवत्यात्मना परास्य द्विषन्भ्रातृव्यो भवति य एवं वेद ॥7॥

फिर देवों ने मुखस्थ प्राण से कहा—"तुम हमारे लिए उद्गीथ का गान करो।" मुखस्थ प्राण बोला—"ठीक है।" ऐसा कह कर उस प्राण ने उनके लिए उद्गीथ का गान किया। असुरों ने जाना कि इस उद्गाता की सहायता से देव हमें हरा देंगे, तो वे एकदम दौड़कर उसे पाप से बींध डालने का विचार किया, परन्तु जिस तरह मिट्टी का टुकड़ा पत्थर से टकराकर चूर होकर नष्ट हो जाता है, उसी तरह वे अनेक प्रकार से नष्ट हो गए। इसके बाद देवलोग अपने मूल स्वरूप (स्वभाव) को प्राप्त हुए। असुर हार गए। जो इस तरह जानता है, वह प्रजापतिरूप में स्थिर होता है और उसके साथ द्वेष करनेवाले सौतेले भाई का पराजय हो जाता है।

ते होचुः क्व नु सोऽभूद्यो न इत्थमसक्तेत्ययमास्येऽन्तरिति सोऽयास्य आङ्गिरसोऽङ्गानाꣳ हि रसः ॥8॥

इन्द्रियों के अधिदेव बोले—"जिसने (प्राण ने) हमें इस प्रकार आत्मभाव से देवत्व को पहुँचाया है, वह कहाँ है भला ? उसे 'अयास्य' कहते हैं, उसे 'आंगिरस' भी कहते हैं क्योंकि वह अंगों का रस है।

सा वा एषा देवता दूर्नाम दूरꣳ ह्यस्या मृत्युर्दूरꣳ ह वा अस्मान्मृत्युर्भवति य एवं वेद ॥9॥

वह यह देवता 'दूर्' नामवाला है। क्योंकि इससे मृत्यु दूर है। जो इस प्रकार जानता है उससे मृत्यु दूर हो जाता है।

सा वा एषा देवतैतासां देवतानां पाप्मानं मृत्युमपहत्य यत्रासां दिशा-मन्तस्तद्गमयांचकार तदासां पाप्मनो विन्यदधात्तस्मान्न जनमियान्नान्त-मियान्नेत्पाप्मानं मृत्युमन्ववायानीति ॥10॥

इस प्राणदेवता ने उन वागादि देवताओं के पापमय मृत्यु को दूर करके, जहाँ इन दिशाओं का अन्त है, वहाँ पहुँचा दिया। वहाँ उन देवताओं के पापों को उसने तिरस्कारपूर्वक स्थापित कर दिया। 'मैं पापरूप मृत्यु से कदाचित् मिल तो नहीं जाऊँगा न !" इस भय से किसी अन्य जन के पास जाना नहीं चाहिए (अन्य=अन्त्य=बाहर के लोकों के पास नहीं जाना चाहिए) और दिशाओं के अन्त में भी नहीं जाना चाहिए।

सा वा एषा देवतैतासां देवतानां पाप्मानं मृत्युमपहत्याथैनां मृत्युमत्य-वहत् ॥11॥

उस प्राण देवता ने इन देवताओं के पापरूप मृत्यु को दूर करके बाद में इन यागादि देवताओं को उनके पापरूप मृत्यु से दूर करके अग्नि आदि को उनके मूल देवत्व को प्राप्त करवाया।

स वै वाचमेव प्रथमामत्यवहत्सा यदा मृत्युमत्यमुच्यत सोऽग्निरभ-वत्सोऽयमग्निः परेण मृत्युमतिक्रान्तो दीप्यते ॥12॥

उस प्रसिद्ध प्राण ने प्रधान वाग्देवता को पहले मृत्यु से पार किया। वह वाक् जब मृत्यु को पार कर गई, तो वह अग्नि हो गई। वह मृत्यु को अतिक्रान्त करनेवाला अग्नि मृत्यु से परे रहता हुआ देदीप्यमान है।

अथ ह प्राणमत्यवहत्स यदा मृत्युमत्यमुच्यत स वायुरभवत्सोऽयं वायुः परेण मृत्युमतिक्रान्तः पवते ॥13॥

फिर उस प्राण ने श्वास को मृत्यु से रहित कर दिया। वह श्वास जब मृत्यु से रहित हो गया, तब वह वायु हो गया। वह मृत्यु से अतिक्रान्त हुआ वायु मृत्यु से ऊपर उठकर बहता है।

अथ चक्षुरत्यवहत्तद्यदा मृत्युमत्यमुच्यत स आदित्योऽभवत्सोऽसावा-दित्यः परेण मृत्युमतिक्रान्तस्तपति ॥14॥

फिर उस प्राण ने चक्षु को मृत्युरहित बनाया। वह चक्षु जब मृत्यु से रहित हो गया, तब वह आदित्य (सूर्य) बन गया। मृत्यु को पार कर जानेवाला वह सूर्य, मृत्यु से ऊपर उठकर तप रहा है अर्थात् प्रकाशित हो रहा है।

अथ श्रोत्रमत्यवहत्तद्यदा मृत्युमत्यमुच्यत ता दिशोऽभवꣳस्ता इमा दिशः परेण मृत्युमतिक्रान्ताः ॥15॥

बाद में उसने कान को मृत्युरहित किया। कान मृत्यु के पास से छूट गया, तब वह दिशाएँ बन गया। वे मृत्यु से ऊपर उठी हुई दिशाएँ मृत्यु का अतिक्रमण कर चुकी हैं।

अथ मनोऽत्यवहत्तद्यदा मृत्युमत्यमुच्यत स चन्द्रमाऽभवत्सोऽसौ चन्द्रः परेण मृत्युमतिक्रान्तो भात्येवꣳ ह वा एनमेषा देवता मृत्यमतिवहति य एवं वेद ॥16॥

बाद में उस प्राण ने मन को मृत्यु से छुटकारा दिलाया। मन जब मृत्यु को पार कर गया, तब वह चन्द्रमा हो गया। वह पार हुआ चन्द्रमा, मृत्यु से ऊपर उठकर प्रकाशित हो रहा है। जो इस प्राण को ऐसा (पंचदेवविशिष्ट) मानता है, उसको भी यह प्राण मृत्यु से ऊपर उठा देता है।

अथात्मनेऽन्नाद्यमागायद्यद्धि किंचनामन्नमद्यतेऽनेनैव तदद्यत इह प्रति-तिष्ठति ॥17॥

तब अपने लिए उस प्राण ने अन्नाद्य का गान किया अर्थात् अन्नादि प्राप्त किया। क्योंकि जो कुछ भी अन्न खाया जाता है, वह प्राण ही खाता है और उसी से वह टिका रहता है।

ते देवा अब्रुवन्नेतावद्वा इदꣳ सर्वं यदन्नं तदात्मन आगासीरनु नोऽस्मिन्नन्न आभजस्वेति ते वै माभिसंविशतेति तथेति तꣳ समन्तं परिण्यविशन्त तस्माद्यदनेनान्नमत्ति तेनैतास्तृप्यन्त्येवꣳ ह वा एनꣳ स्वा अभिसंविशन्ति भर्ता स्वानाꣳ श्रेष्ठः पुर एता भवत्यन्नादोऽधिपतिर्य एवं वेद य उ हैवं-विदꣳ स्वेषु प्रतिप्रतिर्बुभूषति न हैवालं भार्येभ्यो भवत्यथ य एवैतमनु-भवति यो वै तमनुभार्यान् बुभूर्षति स हैवालं भार्येभ्यो भवति ॥18॥

वे वागादि देव प्राण से कहने लगे—"(जगत् में) अन्न तो इतना ही था वह (सब) तो आपने गाकर ले लिया। अब हमें भी उस अन्न में से थोड़ा भाग दीजिए।" तब प्राण ने कहा—"तुम (सब) मुझमें प्रविष्ट हो जाओ।" इन्द्रियों ने "ठीक है"। ऐसा कहकर चारों ओर से प्राण में प्रवेश कर लिया। इसीलिए प्राण जो कुछ अन्न खाता है, इससे सभी इन्द्रियाँ तृप्त हो जाती हैं। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है, उसके स्वजन (सगे-सम्बन्धी) उसका आश्रय लेते हैं। जो मनुष्य आश्रितों का रक्षण करता है, वह श्रेष्ठ बनता है। वह अग्रगण्य होता है, वह खाने-पीने में सुखी होता है, वह सबका स्वामी (अधिपति) होता है। उसके स्वजनों में से यदि कोई उसके साथ स्पर्धा करना चाहे, तो वह स्पर्धक अपने आश्रितों का भरणपोषण नहीं कर सकता। परन्तु जो मनुष्य ऐसे ज्ञानी का अनुसरण करके अपने आश्रितों का भरणपोषण करना चाहता है, वह सचमुच आश्रितों को पाल सकता है।

सोऽयास्य आङ्गिरसोऽङ्गानाꣳ हि रसः प्राणो वा अङ्गानाꣳ रसः प्राणो हि वा अङ्गानाꣳ रसस्तस्माद्यस्मात्कस्माच्चाङ्गात्प्राण उत्क्रामति तदेव तच्छु-ष्यत्येष हि वा अङ्गानांꣳ रसः ॥19॥

वह 'अयास्य' (मुखस्थ प्राण) 'आंगिरस' भी कहा जाता है। क्योंकि वह अंगों का रस है। वास्तव में प्राण अंगों का रस है। प्राण अंगों का रस है इसीलिए किसी अंग से जब प्राण निकल जाते हैं, तब वह अंग सूख जाता है, क्योंकि वह अंगों का ही तो रस है।

एष उ एव बृहस्पतिर्वाग्वै बृहती तस्या एष पतिस्तस्मादु बृहस्पतिः ॥20॥

यह प्राण ही बृहस्पति है, क्योंकि वाणी ही 'बृहती' है, उस वाणी का यह प्राण पति (स्वामी) है इसलिए वह बृहस्पति है।

एष उ एव ब्रह्मणस्पतिर्वाग्वै ब्रह्म तस्या एष पतिस्तस्मादु ब्रह्मण-स्पतिः ॥21॥

यह प्राण ही ब्रह्मणस्पति भी है, क्योंकि वाणी ही ब्रह्म (वैदिक प्रार्थना) है, प्राण वाणी का पति है, इसलिए प्राण ही 'ब्राह्मणस्पति' है।

एष उ एव साम वाग्वै सामेष सा चामश्चेति तत्साम्नः सामत्वं यद्वेव समः प्लुषिणा समो मशकेन समो नागेन सम एभिस्त्रिभिर्लोकैः समोऽनेन सर्वेण तस्माद्वेव सामाश्नुते साम्नः सायुज्यꣳ सलोकतां जयति य एवमेतत्साम वेद ॥22॥

यह प्राण ही साम है। वाणी 'सा' (स्त्री) है, और वह प्राण 'अम' (पुरुष) है। 'सा' और 'अम' ही साम है। यही साम का सामत्व (वास्तविक रूप) है। क्योंकि प्राण एक छोटी मक्खी के शरीर जैसा है, मच्छर जैसा है, हाथी के शरीर जैसा है, तीनों लोकों के समान है, सारे विश्व के समान है, इसलिए

वह साम (वेद) कहा जाता है। जो (मनुष्य) साम को इस तरह जानता है, वह साम में मिल जाता है और जिस लोक में साम रहता है, उस लोक को पा लेता है।

एष उ वा उद्गीथः प्राणो वा उत्प्राणेन हीदꣳ सर्वमुत्तब्धं वागेव गीथोच्च-गीथा चेति स उद्गीथः ॥23॥

यह प्राण ही उद्गीथ है। प्राण ही 'उत्' है, प्राण से ही यह सब धारण किया हुआ है। और वाक् ही 'गीथा' है। 'उत्' भी है और 'गीथा' भी है, इसलिए वह उद्गीथ है।

तद्धापि ब्रह्मदत्तश्चैकितानेयो राजानं भक्षयन्नुवाचायं त्यस्य राजा मूर्धानं विपातयताद्यदितोऽयास्य आङ्गिरसोऽन्येनोद्गायदिति वाचा च ह्येव स प्राणेन चोदगायदिति ॥24॥

इस विषय में यह (आख्यायिका) भी है। चैकितानेय ब्रह्मदत्त ने (यज्ञ में) राजा का (सोम का) भक्षण करते हुए कहा—"यदि मेरे अयास्य अंगिरस नामक मुख्य प्राण ने वाणी और प्राण के सिवा किसी अन्य रीति से उद्गीथ गान किया हो, तो यह सोमदेव मेरा सिर नीचे गिरा दे अर्थात् मेरा अपमान कर दे।" उसने वाणी और प्राण से ही उद्गीथ का गान किया था, ऐसा निश्चय होता है।

तस्य हैतस्य साम्नो यः स्वं वेद भवति हास्य स्वं तस्य वै स्वर एव स्वं तस्मादार्त्विज्यं करिष्यन्वाचि स्वरमिच्छेत तया वाचा स्वरसंपन्नयार्त्विज्यं कुर्यात्तस्माद्यज्ञे स्वरवन्तं दिदृक्षन्त एवाथो यस्य स्वं भवति भवति हास्य स्वं य एवमेतत्साम्नः स्वं वेद ॥25॥

जो इस साम के 'स्वर' को यथार्थ रूप में जानता है, वह अवश्य धन-ऐश्वर्य से सम्पन्न होता है। उसका स्वर ही उसका धन है। इसलिए ऋत्विक्-कर्म करनेवाले को वाणी में स्वर की इच्छा करनी चाहिए। उस स्वरयुक्त वाणी से ऋत्विक्-कर्म करना चाहिए। जैसे लोग धनवाले को देखने की (सदा) इच्छा करते हैं, वैसे ही यज्ञ में अच्छे स्वरवाले को देखने की इच्छा करते हैं। जो कोई भी इस तरह साम के तत्त्व को जानता है, उसे वह धन (मधुर स्वर) मिल जाता है।

तस्य हैतस्य साम्नो यः सुवर्णं वेद भवति हास्य सुवर्णं तस्य वै स्वर एव सुवर्णं भवति हास्य सुवर्णं य एवमेतत्साम्नः सुवर्णं वेद ॥26॥

इस साम के उस सुवर्ण (मधुर स्वर) को जो जानता है उसे सुवर्ण प्राप्त होता है। स्वर ही उसका सुवर्ण है। इस प्रकार जो साम के सुवर्ण को जानता है, उसे सुवर्ण मिलता है।

तस्य हैतस्य साम्नो यꣳ प्रतिष्ठां वेद प्रति ह तिष्ठति तस्य वै वागेव प्रतिष्ठा वाचि हि खल्वेष एतत्प्राणः प्रतिष्ठितो गीयतेऽन्न इत्यु हैक आहुः ॥27॥

जो इस साम की प्रतिष्ठा को जानता है, वह प्रतिष्ठित होता है। वाणी ही उसकी प्रतिष्ठा है। वास्तव में वाणी में ही प्रतिष्ठित यह प्राण गाया जाता है (गीतिभाव को प्राप्त होता है)। कुछ लोग कहते हैं कि साम अन्न में रहता है (अर्थात् अन्नस्थ साम ही गाया जाता है।)

अथातः पवमानानामेवाभ्यारोहः स वै खलु प्रस्तोता साम प्रस्तौति स यत्र प्रस्तुयात्तदेतानि जपेदसतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योतिर्गमय मृत्यो-र्माऽमृतं गमयेति। स यदाहासतो मा सद्गमयेति मृत्युर्वा असत्सदमृतं

मृत्योर्मा मृतं गमयामृतं मा कुर्वित्येवैतदाह तमसो मा ज्योतिर्गमयेति मृत्युर्वै तमो ज्योतिरमृतं मृत्योर्माऽमृतं गमयामृतं मां कुर्वित्येवैतदाह मृत्योर्माऽमृतं गमयेति नात्र तिरोहितमिवास्ति। अथ यानीतराणि स्तोत्राणि तेष्वात्मनेऽन्नाद्यमागायेत्तस्मादु तेषु वरं वृणीत यं कामं कामयेत तꣳ स एष एवंविदुद्गातात्मने वा यजमानाय वा यं कामं कामयेत तमागायति तद्धैतल्लोकजिदेव न हैवालोक्यताया आशास्ति य एवमेतत्साम वेद ॥2 8॥

इति तृतीयं ब्राह्मणम् ॥

अब पवमान मन्त्रों (शुद्धिमन्त्रों) के जप की विधि बताई गई है। यज्ञ में उद्गाता ऋत्विज् साम की स्तुति करता है। उस स्तुति में उसे इन मंत्रों का जप करना चाहिए—"मुझे असत् से सत् की ओर ले जाओ, अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाओ, मृत्यु से अमृत की ओर ले जाओ।" स्तुतिकर्त्ता कहता है—"मुझे असत् में से सत् की ओर ले जाओ।" यहाँ 'असत्' मृत्यु है और 'सत्' अमृत है। इसलिए वह यही कहता है कि "मुझे मृत्यु से अमृत की ओर ले जाओ।" वह और आगे कहता है कि—"मुझे अन्धकार से प्रकाश की ओर जाओ।" यहाँ भी अन्धकार मृत्यु ही है और प्रकाश अमृत है। तो इसका अर्थ भी यही हुआ कि "मुझे मृत्यु से अमृत की ओर ले जाओ"। उद्गाता और आगे कहता है कि—"मुझे मृत्यु से अमृत की ओर ले जाओ अर्थात् मुझे अमर बना दो।" इसमें तो कुछ भी अस्पष्ट है ही नहीं। इसके बाद जो अन्य स्तोत्र बाकी रहे, उन्हें गाकर उद्गाता अपने लिए खाद्यान्न प्राप्त करता है। अतः इन (शेष) स्तोत्रों को गाकर उद्गाता भले ही अपनी इच्छित वस्तु माँग ले। यज्ञ में उद्गाता का काम करनेवाला अध्वर्यु इस प्रकार अपने लिए अथवा यजमान के लिए जो कुछ चाहता है, वह ऐसा स्तुतिगान करके प्राप्त कर सकता है। यह ज्ञान (उपर्युक्त साम का ज्ञान) जगत् को जीत सकता है। जो मनुष्य इस प्रकार से साम को जानता है, वह किसी भी लोक में जाने के योग्य बन जाता है। उसे किसी भी लोक में न जाने की निराशा नहीं होती।

(यहाँ तीसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थं ब्राह्मणम्

आत्मैवेदमग्र आसीत् पुरुषविधः सोऽनुवीक्ष्य नान्यदात्मनोऽपश्यत् सोऽहमस्मीत्यग्रे व्याहरत्ततोऽहंनामाभवत्तस्मादप्येतर्ह्यामन्त्रितोऽहमयमित्येवाग्र उक्त्वाऽथान्यन्नाम प्रब्रूते यदस्य भवति स यत्पूर्वोऽस्मात्सर्वस्मात्सर्वान्पाप्मन औषत् तस्मात्पुरुष ओषति ह वै स तं योऽस्मात्पूर्वो बुभूषति य एवं वेद ॥1॥

पहले यह पुरुषाकार आत्मा (प्रजापति) ही था। उसने विचार करने के बाद अपने से भिन्न किसी को नहीं देखा। प्रारंभ में उसने "मैं हूँ" ऐसा कहा। इसीलिए वह "मैं" ऐसे नामवाला (अहंनामा) हुआ। इसलिए अब भी किसी को बुलाए जाने पर पहले "यह मैं हूँ"—ऐसा कहकर ही बाद में अपना जो नाम होता है, वह यह मनुष्य बोलता है। और क्योंकि सबसे पहले सभी पापों को प्रजापति ने जला दिया था इसीलिए तो वह पुरुष हुआ था। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है (उपासना करता है) वह अपने प्रतिस्पर्धी को जला देता है।

सोऽबिभेत्तस्मादेकाकी बिभेति स हायमीक्षांचक्रे यन्मदन्यन्नास्ति कस्मान्नु बिभेमीति तत एवास्य भयं वीयाय कस्माद्ध्यभेष्यद्वितीयाद्वै भयं भवति ॥2॥

उस आत्मा को डर लगा इसलिए आज भी अकेला मनुष्य डरता है। उस आत्मा ने सोचा कि, "मुझसे दूसरा तो कोई है नहीं तो मैं किससे डरता हूँ ?" ऐसा विचार करने से उसका डर चला गया। वास्तव में वह किससे डर रहा था ? यदि उसके सिवा कोई होता तभी तो डर लगता ! दूसरे से ही भय होता है।

स वै नैव रेमे तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत् स हैतावानास यथा स्त्रीपुमाꣳसौ संपरिष्वक्तौ स इममेवात्मानं द्वेधाऽपातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवतां तस्मादिदमर्धबृगलमिव स्व इति ह स्माह याज्ञवल्क्यस्तस्मादयमाकाशः स्त्रिया पूर्यत एव ताꣳ समभवत्ततो मनुष्या अजायन्त ॥3॥

उस प्रजापति (आत्मा) को कुछ भी चैन न पड़ा। इसीलिए आज भी अकेले मनुष्य को चैन नहीं पड़ता। उसने दूसरे की कामना की। तो जैसे स्त्री-पुरुष परस्पर आश्लिष्ट हों, ऐसा वह हो गया (ऐसा उसका स्वरूप=परिमाण हो गया)। फिर उसने अपने शरीर को दो भागों में बाँट दिया। इससे पति और पत्नी—दो हुए। इसीलिए याज्ञवल्क्य ने कहा है कि जैसे द्विदल का एक भाग पूरे बीज का आधा भाग होता है वैसे ही यह पुरुष अपने वास्तविक स्वरूप का आधा भाग मात्र ही है। उसकी जो कमी थी, वह स्त्री से पूरी हो गई। इसी से यह पुरुषार्धरूप आकाश स्त्री से पूर्ण होता है। उस स्त्री के साथ वह मैथुनकर्म में प्रवृत्त हुआ। उसमें से मनुष्य पैदा हुआ।

सो हेयमीक्षांचक्रे कथं नु मात्मन एव जनयित्वा संभवति हन्त तिरोऽसानीति सा गौरभवदृषभ इतरस्ताꣳ समेवाभवत्ततो गावोऽजायन्त वडवेतराभवदश्ववृष इतरो गर्दभीतरा गर्दभ इतरस्ताꣳ समेवाभवत्तत एकशफमजायताऽजेतराभवद्बस्त इतरोऽविरितरा मेष इतरस्ताꣳसमेवाभवत्ततोऽजावयोऽजायन्तैवमेव यदिदं किंच मिथुनमापिपीलिकाभ्यस्तत्सर्वमसृजत ॥4॥

फिर उस स्त्री ने (शतरूपा ने) सोचा कि—"मुझे अपने ही शरीर में से उत्पन्न करके वह मेरे साथ क्यों संभोग करता है ? वह तो बड़े खेद का विषय है, इसलिए मैं चलो छिप जाऊँ।"—ऐसा सोचकर वह गाय बनी, तो दूसरा (मनु) साँड़ बना और उसके साथ संभोग किया। इससे गायें, बैल आदि उत्पन्न हुए। फिर वह दूसरी (शतरूपा) घोड़ी बनी, तो दूसरा (मनु) अश्वश्रेष्ठ बना। जब दूसरी (शतरूपा) गधी बनी तो वह दूसरा (मनु) गधा हुआ और उसके साथ संभोग किया तो उससे एक खुरवाले प्राणी उत्पन्न हुए। तब दूसरी (शतरूपा) ने बकरी का रूप लिया, तो दूसरा (मनु) बकरा हुआ। जब दूसरी (शतरूपा) भेड़ी बनी तो वह दूसरा (मनु) भेड़ा बना और उसके साथ संभोग किया तो उससे बकरे-बकरियाँ और भेड़ा-भेड़ियाँ उत्पन्न हुईं। इस प्रकार जो कोई भी यहाँ स्त्री-पुरुष का युगल है—चींटियों से लेकर जो कुछ भी युगल है, वह उसने ही उत्पन्न किया है।

सोऽवेदहं वाव सृष्टिरस्म्यꣳहीदꣳसर्वमसृक्षीति ततः सृष्टिरभवत्सृष्ट्याꣳ हास्यैतस्यां भवति य एवं वेद ॥5॥

उस प्रजापति ने जाना कि—"मैं ही सृष्टि हूँ। मैंने ही यह सब कुछ बनाया है।" इसलिए वह 'सृष्टि' ऐसे नामवाला हुआ। जो कोई भी इस प्रकार जानता है, वह इस प्रजापति की इस सृष्टि में स्रष्टा होता है।

अथेत्यभ्यमन्थत्स मुखाच्च योनेर्हस्ताभ्यां चाग्निमसृजत तस्मादेतदु-भयमलोमकमन्तरतोऽलोमका हि योनिरन्तरतः। तद्यदिदमाहुरमुं यजामुं यजेत्येकैकं देवमेतस्यैव वा विसृष्टिरेष उ ह्येव सर्वे देवा अथ यत्किं-चेदमार्द्रं तद्रेतसोऽसृजत तदु सोम एतावद्वा इदꣳसर्वमन्नं चैवान्नादश्च सोम एवान्नमग्निरन्नादः सैषा ब्रह्मणोऽतिसृष्टिर्यच्छ्रेयसो देवानसृजताथ यन्मर्त्यः सन्नमृतानसृजत तस्मादतिसृष्टिरतिसृष्ट्याꣳ हास्यैतस्यां भवति य एवं वेद ॥6॥

बाद में इस प्रकार उसने मन्थन किया। उसने मुखरूपी योनि में से दो हाथों से मन्थन करके अग्नि उत्पन्न किया। इसलिए ये हाथ और मुख (दोनों) भीतर की ओर लोमरहित हैं। इसीलिए स्त्रियों की योनि भी भीतर से लोमरहित है। कर्मकाण्ड में याज्ञिक ऐसा कहते रहते हैं कि—"इस एक-एक देव का पूजन करो" (पर) ये सब देव प्रजापति के (एक के) ही देवभेद हैं। इसलिए यह प्रजापति ही सर्वदेवरूप है। इसके बाद जो कुछ भी यहाँ आर्द्र (भीगा) है, वह सब उसने अपने वीर्य से उत्पन्न किया है। वही सोम है (सोमरस है)। बस, इतना ही यह सब अन्न और अन्नाद है। सोम ही अन्न है और अग्नि अन्नाद है। वह यही तो ब्रह्मा की अतिसृष्टि (उत्कृष्ट सृष्टि) है कि उसने अपने से भी उत्कृष्ट देवता उत्पन्न किये। और भी यह कि स्वयं मरणधर्मा होने पर भी उसने अमृत देवों को उत्पन्न किया। इसलिए तो वह अतिसृष्टि (उत्कृष्टसृष्टि) है। जो कोई भी इस प्रकार जानता है, वह इस प्रजापति की इस अतिसृष्टि में ही (देवसमूह में ही) प्राप्त हो जाता है।

तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतेऽसौनामायमिदꣳ-रूप इति तदिदमप्येतर्हि नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतेऽसौनामायमिदꣳ रूपमिति स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यो यथा क्षुरः क्षुरधानेऽवहितः स्याद्विश्वंभरो वा विश्वंभरकुलाये तं न पश्यन्ति। अकृत्स्नो हि स प्राणन्नेव प्राणो नाम भवति। वदन् वाक्पश्यꣳश्चक्षुः शृण्वन् श्रोत्रं मन्वानो मन-स्तान्यस्यैतानि कर्मनामान्येव स योऽत एकैकमुपास्ते न स वेदाकृत्स्नो ह्येषोऽत एकैकेन भवत्यात्मेत्येवोपासीतात्र ह्येते सर्व एकं भवन्ति तदेत-त्पदनीयमस्य सर्वस्य यदयमात्मानेन ह्येतत्सर्वं वेद। यथा ह वै पदेनानु-विन्देदेवं कीर्तिꣳ श्लोकं विन्दते य एवं वेद ॥7॥

उस समय यह जगत् अव्याकृत (अप्रकट) था। वह नाम और रूप से ही प्रकट (अभिव्यक्त) हुआ। यह (व्यापक) आत्मा अमुक नामवाला और अमुक रूपवाला होकर प्रकट हुआ। इस समय में भी वह अव्याकृत वस्तु, नाम और रूप के द्वारा ही "अमुक-अमुक नामवाली है, या अमुक रूपवाली है।"—इस प्रकार ही व्यक्त होती है। वह यह आत्मा नख से लेकर समस्त देहों में प्रविष्ट है। जिस तरह अस्त्र अपने म्यान में प्रविष्ट होता है, अथवा अग्नि अपने आश्रयरूप काष्ठ में प्रविष्ट होता है, उसे कोई देख नहीं सकता, क्योंकि वह असंपूर्ण है। श्वास-प्रश्वास की क्रिया से ही वह 'प्राण' ऐसे नामवाला होता है। बोलने से ही वह 'वाक्' होता है, देखने से ही वह चक्षु है, मनन करने से ही वह मन है।

उनके ये नाम कर्मानुसारी ही हैं। इसलिए जो उनमें से एक-एक देव की उपासना करता है, वह (इसके वास्तविक स्वरूप को) जानता नहीं है। इसीलिए वह यह अपूर्ण है। वह एक-एक विशेषण से युक्त होता है। इसलिए 'यह सब आत्मा ही है'—ऐसी उपासना करनी चाहिए। क्योंकि इस आत्मा में ही ये सब एक हो जाते हैं। वह यह आत्मतत्त्व ही इन सबमें जानने योग्य है। क्योंकि यह 'आत्मा' है, इस आत्मा को जानने से ही इस सारे जगत् को (मनुष्य) जान लेता है। जैसे (व्यवहार में) खोए हुए पशु के पदचिह्न से वह पशु खोज लिया जाता है, उसी प्रकार जो इस तथ्य को इस प्रकार जानता है, वह कीर्ति और स्वजन का समागम प्राप्त करता है।

तदेतत्प्रेयः पुत्रात्प्रेयो वित्तात्प्रेयोऽन्यस्मात्सर्वस्मादन्तरतरं यदयमात्मा स योऽन्यमात्मनः प्रियं ब्रुवाणं ब्रूयात् प्रियꣳ रोत्स्यतीतीश्वरो ह तथैव स्यादात्मानमेव प्रियमुपासीत स य आत्मानमेव प्रियमुपास्ते न हास्य प्रियं प्रमायुकं भवति ॥8॥

वह यह आत्मतत्त्व पुत्र से भी अधिक प्रिय होता है, धन से भी अधिक प्रिय होता है। अन्य सभी से भी अधिक प्रिय होता है। क्योंकि यह आत्मा सबसे अत्यन्त समीपवर्ती है। तो यह जो आत्मदर्शी है, वह जो मनुष्य आत्मा से भिन्न (अन्य) को प्रिय कहता है उससे यह कह दे कि "तुम्हारा प्रिय नष्ट हो जाएगा।" और होता भी तो ऐसा ही है, क्योंकि वह समर्थ होता है। इसलिए आत्मरूप प्रिय की ही उपासना करनी चाहिए। तो जो आत्मतत्त्व को सर्वाधिक प्रिय मानकर उसकी उपासना करता है, उसका प्रिय कदापि नष्ट नहीं होता।

तदाहुर्यद्ब्रह्मविद्यया सर्वं भविष्यन्तो मनुष्या मन्यन्ते किमु तद्ब्रह्मा-ऽवेद्यस्मात् तत्सर्वमभवदिति ॥9॥

जिस ब्रह्मविद्या से "हम सर्वरूप (अशेष) हो जाएँगे"—ऐसा लोग मानते हैं, उस ब्रह्म के विषय में जिज्ञासु ब्राह्मणों ने कहा है कि—"ब्रह्म क्या है? उसने क्या जाना कि जिससे वह सर्वरूप हो गया"?

ब्रह्म वा इदमग्र आसीत् तदात्मानमेवावेत्। अहं ब्रह्मास्मीति तस्मात्तत् सर्वमभवत् तद्यो यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत्तथर्षीणां तथा मनुष्याणां तद्धैतत्पश्यन्नृषिर्वामदेवः प्रतिपेदेऽहं मनुरभवꣳ सूर्यश्चेति तदिदमप्येतर्हि य एवं वेदाऽहं ब्रह्मास्मीति स इदꣳ सर्वं भवति तस्य ह न देवाश्च नाभूत्या ईशत आत्मा ह्येषाꣳ स भवत्यथ योऽन्यां देवतामुपास्ते-ऽन्योऽसावन्योऽहमस्मीति न स वेद यथा पशुरेवꣳ स देवानां यथा ह वै बहवः पशवो मनुष्यं भुंज्युरेवमेकैकः पुरुषो देवान् भुनक्त्येकस्मिन्नेव पशावादीयमानेऽप्रियं भवति किमु बहुषु तस्मादेषां तन्न प्रियं यदेत-न्मनुष्या विद्युः ॥10॥

पहले यह ब्रह्म ही था। उसने स्वयं को जाना कि 'मैं ब्रह्म हूँ।' इसलिए वह ब्रह्म सर्वरूप हो गया। देवों में से जिस-जिसने ब्रह्म को जाना, वे स्वयं ही तद्रूप (ब्रह्मरूप) हो गये। इसी प्रकार ऋषियों में और मनुष्यों में जिसने-जिसने ब्रह्म को जाना वे तद्रूप (ब्रह्मरूप) हो गये। उसी को ही आत्मरूप से देखते हुए ऋषि वामदेव ने कहा कि—"मैं मनु था, मैं सूर्य भी था।" इस समय में भी

इस ब्रह्म को, "मैं ब्रह्म हूँ"—इस प्रकार जो कोई जानता है, तो वह सर्वरूप हो जाता है। ऐसे ब्रह्मज्ञानी की 'ब्रह्मरूपता न हो' अर्थात् उसका सर्वात्मभाव न होने देने में देवलोग भी सामर्थ्य नहीं रखते। क्योंकि वह ब्रह्मवेत्ता उनका भी (देवों का भी) आत्मा हो जाता है। देवों का भी ध्येय, देवों का भी विज्ञेय ब्रह्म हो जाता है। और जो अन्यान्य देवों की उपासना करता है कि—"वह अन्य है, मैं अन्य हूँ" ऐसा मानता है, वह पशु के समान हो जाता है। जैसे बहुत से पशु अपने मालिक का पालन-पोषण करते हैं, वैसे ही एक-एक अज्ञानी पुरुष देवों का पालन-पोषण करता है। एक भी पशु का हरण किए जाने पर मनुष्य को अच्छा नहीं लगता तो फिर बहुत से पशुओं के हरण किए जाने पर तो कहना ही क्या है ? इसलिए उन देवताओं को यह बात अच्छी नहीं लगती कि मनुष्य इस बात को जान लें।

ब्रह्म वा इदमग्र आसीदेकमेव तदेकꣳ सन्न व्यभवत्तच्छ्रेयो रूपमत्यसृजत क्षत्रं यान्येतानि देवत्रा क्षत्राणीन्द्रो वरुणः सोमो रुद्रः पर्जन्यो यमो मृत्युरीशान इति तस्मात् क्षत्रात्परं नास्ति तस्माद्ब्राह्मणः क्षत्रियमधस्तादुपास्ते राजसूये क्षत्र एव तद्यशो दधाति सैषा क्षत्रस्य योनिर्यद्ब्रह्म तस्माद्यद्यपि राजा परमतां गच्छति ब्रह्मैवान्तत उपनिश्रयति स्वां योनिं य उ एनꣳ हिनस्ति स्वाꣳ स योनिमृच्छति स पापीयान् भवति यथा श्रेयाꣳसꣳ हिꣳसित्वा ॥11॥

आरम्भ में एक ब्रह्म ही था। अकेले होने से वह विभूतियुक्त कार्य करने में असमर्थ था। उसने प्रशस्त क्षत्र की रचना की। देवों में जो क्षत्रिय जाति के हैं, वे इन्द्र, वरुण, सोम, रुद्र, पर्जन्य, यम, मृत्यु, ईशान आदि हैं (उन्हें उत्पन्न किया) इसलिए क्षत्रिय से उत्कृष्ट कोई नहीं है। इसीलिए ब्राह्मण राजसूय यज्ञ में क्षत्रिय के नीचे बैठकर उपासना करता है। अपने यश को वह क्षत्रिय में ही स्थापित करता है। जो ब्रह्म है, वह क्षत्रिय की योनि (जन्मस्थान) है। इसलिए यद्यपि राजा श्रेष्ठत्व को भले ही प्राप्त करता हो, परन्तु राजसूय के पूर्ण होने के बाद अन्त में ब्राह्मण का ही आश्रय लेता है। क्योंकि ब्राह्मण से ही उसका जन्म हुआ है। जो कोई उस ब्राह्मण को मारता है, वह अपनी ही योनि का नाश करता है। जैसे श्रेष्ठ की हिंसा से पुरुष पापी होता है, वैसे ही वह भी पापी होता है।

स नैव व्यभवत् स विशमसृजत यान्येतानि देवजातानि गणश आख्यायन्ते वसवो रुद्रा आदित्या विश्वेदेवा मरुत इति ॥12॥

वह ब्रह्म विकसित कर्म करने में असमर्थ हुआ, तब उसने वैश्य को उत्पन्न किया। जो देव सामूहिक रूप से पहचाने जाते हैं। जैसे रुद्र (ग्यारह), वसु (आठ), आदित्य (बारह), विश्वदेवा (तेरह) और मरुत् (उनचास) हैं।

स नैव व्यभवत्स शौद्रं वर्णमसृजत पूषणमियं वै पूषेयꣳ हीदꣳ सर्वं पुष्यति यदिदं किञ्च ॥13॥

वह ब्रह्म विभूतियुक्त कर्म करने में समर्थ नहीं हुआ। उसने सबके पोषक ऐसे शूद्रवर्ण की रचना की। यह पृथ्वी ही पूषा है (पोषण करनेवाली है), क्योंकि यहाँ जो कुछ है उन सबका पोषण वही करती है।

स नैव व्यभवत्तच्छ्रेयोरूपमत्यसृजत धर्मं तदेतत् क्षत्रस्य क्षत्रं यद्धर्मस्तस्माद्धर्मात्परं नास्त्यथो अबलीयान् बलीयाꣳसमाशꣳसते धर्मेण यथा

राज्ञैवं यो वै स धर्मः सत्यं वै तत्तस्मात् सत्यं वदन्तमाहुर्धर्मं वदतीति धर्मं वा वदन्तꣳ सत्यं वदतीत्येतद्येवैतदुभयं भवति ॥14॥

फिर भी ब्रह्म से विभूतियुक्त कार्य न हो सका। इसलिए उसने कल्याणस्वरूप धर्म (न्याय) को उत्पन्न किया। वह धर्म क्षत्रिय का भी रक्षण करता है। धर्म से उच्चतर कोई भी वस्तु नहीं है। इसलिए जैसे दुर्बल मनुष्य राजा की सहाय से बलवान को जीतना चाहता है, वैसे ही धर्म (न्याय) की सहायता से (मनुष्य) अपने से अधिक बलवान् को जीतना चाहता है। धर्म ही सत्य है। इसलिए जो मनुष्य सत्य बोलता है, उसके विषय में कहा जाता है कि वह धर्मानुसार बोल रहा है, और जो मनुष्य धर्मानुसार बोलता है, उसके विषय में कहा जाता है कि वह सत्य बोल रहा है। इस तरह धर्म और सत्य दोनों एक ही हैं।

तदेतद्ब्रह्म क्षत्रं विट् शूद्रस्तदग्निनैव देवेषु ब्रह्माभवद्ब्राह्मणो मनुष्येषु क्षत्रियेण क्षत्रियो वैश्येन वैश्यः शूद्रेण शूद्रस्तस्मादग्नावेव देवेषु लोकमिच्छन्ते ब्राह्मणे मनुष्येष्वेताभ्याꣳहि रूपाभ्यां ब्रह्माभवत्। अथ यो ह वा अस्माल्लोकात्स्वं लोकमदृष्ट्वा प्रैति स एनमविदितो न भुनक्ति यथा वेदो वाननुक्तोऽन्यद्वा कर्माकृतं यदिह वा अप्यनेवंविन्महत्पुण्यं कर्म करोति तद्धास्यान्ततः क्षीयत एवमात्मानमेव लोकमुपासीत स य आत्मानमेव लोकमुपास्ते न हास्य कर्म क्षीयते अस्माद्धयेवात्मनो यद्यत्कामयते तत्तत्सृजते ॥15॥

इसी तरह ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र—ये चार वर्ण उत्पन्न हुए। ब्रह्म ही देवों में अग्निरूप में ब्राह्मण (श्रेष्ठवर्ण) हुआ। मनुष्यों में वह ब्राह्मणरूप में हुआ। क्षत्रियों में ब्रह्म क्षत्रिय बना, वैश्य में वैश्य बना, शूद्रों में शूद्ररूप हुआ। इसीलिए लोग देवलोक में जाकर अग्नि बनना चाहते हैं, तथा पृथ्वी पर मनुष्यों में ब्राह्मण ही बनना चाहते हैं क्योंकि अग्नि और ब्राह्मण में ब्रह्म विशेषरूप से प्रकट हुआ था। अब जो मनुष्य आत्मा को बिना देखे ही इस जगत् से चला जाता है, उसका रक्षण आत्मा नहीं करता, क्योंकि उसने आत्मा को जाना नहीं होता। जैसे वेद को न जाननेवाले या कर्म न करनेवाले का रक्षण वेद और कर्म नहीं करते, वैसा ही आत्मा को न जाननेवाले का भी होता है। जो मनुष्य आत्मा को जाने बिना ही इष्टफलदायक अश्वमेध यज्ञादि बड़ा पुण्यकार्य भी करता है, उसका पुण्य भी अन्त में नष्ट हो जाता है। इसलिए मनुष्य को आत्मा के ऊपर ही श्रद्धा रखकर उसकी उपासना करनी चाहिए। जो मनुष्य आत्मा की ही श्रद्धापूर्वक उपासना करता है, उसका किया हुआ कार्य नष्ट नहीं होता। वह जो कुछ चाहता है, उसे प्राप्त कर सकता है।

अथो अयं वा आत्मा सर्वेषां भूतानां लोकः स यज्जुहोति यद्यजते तेन देवानां लोकोऽथ यदनुब्रूते तेन ऋषीणामथ यत्पितृभ्यो निपृणाति यत्प्रजामिच्छते तेन पितॄणामथ यन्मनुष्यान्वासयते यदेभ्योऽशनं ददाति तेन मनुष्याणामथ यत्पशुभ्यस्तृणोदकं विन्दति तेन पशूनां यदस्य गृहेषु श्वापदा वयाꣳस्यापिपीलिकाभ्य उपजीवन्ति तेन तेषां लोको यथा ह वै स्वाय लोकायारिष्टिमिच्छेदेवꣳ हैवंविदे सर्वाणि भूतान्यरिष्टिमिच्छन्ति तद्वा एतद्विदितं मीमाꣳसितम् ॥16॥

अब यह जो आत्मा है (शरीरेन्द्रिय संघात रूप कर्माधिकारी गृहस्थ आत्मा है), वह सभी जीवों का लोक है (आधार है), ऐसा आत्मा जो होम करता है, जो यज्ञ करता है, उससे देवताओं का पोषण होता है। वह जो स्वाध्याय करता है उससे ऋषियों का, जो पिण्डतर्पणादि करता है तथा सन्तानप्राप्ति करता (चाहता) है इससे पितृओं का, और जो मनुष्यों को आश्रय देता है तथा उन्हें खिलाता-पिलाता है उससे मनुष्यों का, और जो पशुओं को चारा-पानी पहुँचाता है उससे पशुओं का, और अपने घरों में कुत्तों, बिल्लियों, पक्षियों आदि को एवं चींटी तक के जीव-जन्तुओं को वह जो पोषण करता है, इससे उन सबका बड़ा परितोष और पोषण होता है, वह (परितोषक-पोषक) योग्य हो जाता है। जैसे अपने शरीर के लिए मनुष्य अविनाशित्व चाहता है, वैसे ही इस प्रकार जाननेवाले के लिए सभी प्राणी अविनाशित्व चाहते हैं। इसीलिए यह मीमांसा प्रसिद्ध है। अर्थात् पंचमहायज्ञ प्रकरण में आवश्यक कर्मों की चर्चा सुप्रसिद्ध है।

आत्मैवेदमग्र आसीदेक एव सोऽकामयत जाया मे स्यादथ प्रजायेयाथ वित्तं मे स्यादथ कर्म कुर्वीयेत्येतावान् वै कामो नेच्छꣳश्च नातो भूयो विन्देत्तस्मादप्येतर्ह्येकाकी कामयते जाया मे स्यादथ प्रजायेयाथ वित्तं मे स्यादथ कर्म कुर्वीयेति स यावदप्येतेषामेकैकं न प्राप्नोत्यकृत्स्न एव तावन्मन्यते तस्यो कृत्स्नता मन एवास्यात्मा वाग्जाया प्राणः प्रजा चक्षुर्मानुषं वित्तं चक्षुषा हि तद्विन्दते श्रोत्रं दैवꣳ श्रोत्रेण हि तच्छृणोत्यात्मैवास्य कर्मात्मना हि कर्म करोति स एष पाङ्क्तो यज्ञः पाङ्क्तः पशु पाङ्क्त पुरुषः पाङ्क्तमिदꣳ सर्वं यदिदं किंच तदिदꣳ सर्वमाप्नोति य एवं वेद ॥17॥

इति चतुर्थं ब्राह्मणम् ॥

प्रारंभ में अकेला यह देहेन्द्रिय संघातरूप आत्मा ही था। उसने इच्छा की कि—"मैं स्त्रीवाला होऊँ और प्रजारूप से उत्पन्न होऊँ; मुझे धन प्राप्त हो और मैं (यज्ञादि) कर्म करूँ। बस, इतनी ही इच्छा है।" अधिक इच्छा हो तो भी वह पूर्ण नहीं हो सकती, इसलिए आज भी अकेला आदमी चाहता है कि "मुझे स्त्री हो तो अच्छा हो, उससे मैं सन्तानोत्पत्ति करूँ। और धन हो तो अच्छा कि जिससे मैं यज्ञादि पुण्यकार्य कर सकूँ।" जहाँ तक मनुष्य को इनमें से एक-एक वस्तु नहीं मिलती, वहाँ तक उसे लगता है कि मैं अधूरा हूँ। उसकी वह कमी इस तरह पूर्ण होती है कि यदि वह जान ले कि मन ही उसका आत्मा है, वाणी स्त्री है, प्राण सन्तान है, आँख ही उसका दुनिया का धन है, क्योंकि आँख से ही सब मानुष धन को देख पाता है। कान उसका पारलौकिक धन है, क्योंकि उस धन के विषय में वह कानों से ही सुनता है। शरीर ही कर्म है, क्योंकि शरीरात्मा से ही वह कर्म करता है। यह यज्ञ पाँच प्रकार का है, (आत्मा, वाणी, प्राण, चक्षु और श्रोत्र) पशु भी पाँच प्रकार का है, पुरुष भी उक्त प्रकार से पाँच प्रकार का है। जो इस प्रकार जानता है, वह जो कुछ भी यहाँ है, उसे प्राप्त कर सकता है।

(यहाँ चौथा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमं ब्राह्मणम्

यत्सप्तान्नानि मेधया तपसाऽजनयत्पिता। एकमस्य साधारणं द्वे देवानभाजयत्। त्रीण्यात्मनेऽकुरुत पशुभ्य एकं प्रायच्छत्तस्मिन्सर्वं प्रतिष्ठितं यच्च प्राणिति यच्च न कस्मात्तानि न क्षीयन्तेऽद्यमानानि सर्वदा। यो वैतामक्षितिं वेद सोऽन्नमत्ति प्रतीकेन स देवानपि यच्छति स ऊर्जमुपजीवतीति श्लोकाः ॥1॥

प्रजापति ने विज्ञान से और कर्म से जिन सात अन्नों की रचना की, उनमें से एक अन्न तो सर्वसाधारण है। दो अन्न देवों को बाँट दिए। तीन अन्न अपने लिए रखे और एक अन्न पशुओं को दिया। पशुओं को दिए गए उस अन्न से जो कुछ साँस लेता है या नहीं लेता वह सब कुछ टिकता रहता है। वे सभी अन्न प्रतिदिन खाये जाने पर भी क्यों क्षीण नहीं हो जाते ? जो मनुष्य उसके क्षीण न होने का कारण जानता है, वह मुखरूपी प्रतीक से अन्न का भक्षण करता है, और देवताओं को प्राप्त होता है। वह अमृत का भोक्ता बनता है। इस विषय में ये मन्त्र हैं।

यत्सप्तान्नानि मेधया तपसाऽजनयत्पितेति मेधया हि तपसाऽजनयत्पितैकमस्य साधारणमितीदमेवास्य तत्साधारणमन्नं यदिदमद्यते स य एतदुपास्ते न स पाप्मनो व्यावर्तते मिश्रꣳ ह्येतद्वै देवानभाजयदिति हुतं च प्रहुतं च तस्माद्देवेभ्यो जुह्वति च प्र च जुह्वत्यथो आहुर्दर्शपूर्णमासाविति। तस्मान्नेष्टियाजुकः स्यात्पशुभ्य एकं प्रायच्छदिति तत्पयः पयो ह्येवाग्रे मनुष्याश्च पशवश्चोपजीवन्ति तस्मात् कुमारं जातं घृतं वैवाग्रे प्रतिलेहयन्ति स्तनं वानु धापयन्त्यथ वत्सं जातमाहुरनुतृणाद इति। तस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठितं यच्च प्राणिति यच्च नेति पयसि हीदꣳ सर्वं प्रतिष्ठितं यच्च प्राणिति यच्च न। तद्यदिदमाहुः संवत्सरं पयसा जुह्वदप पुनर्मृत्युं जयतीति न तथा विद्याद्यदहरेव जुहोति तदहः पुनर्मृत्युमपजयत्येवंविद्वान्सर्वꣳ हि देवेभ्योऽन्नाद्यं प्रयच्छति। कस्मात्तानि न क्षीयन्तेऽद्यमानानि सर्वदेति पुरुषो वा अक्षितिः स हीदमन्नं पुनः पुनर्जनयते यो वै तामक्षितिं वेदेति पुरुषो वा अक्षितिः स हीदमन्नं धिया धिया जनयते। कर्मभिर्यद्धैतन्न कुर्यात्क्षीयेत ह सोऽन्नमत्ति प्रतीकेनेति मुखं प्रतीकं मुखेनेत्येतत्स देवानपि गच्छति स ऊर्जमुपजीवतीति प्रशꣳसा ॥2॥

पिता प्रजापति ने अपनी मेधा (बुद्धि और तप) कर्म से जो सात अन्न बनाए, वे सचमुच पिता ने ज्ञान से और कर्म (तप) से उत्पन्न किए। उनमें से एक साधारण अन्न है। और वही यह साधारण अन्न है, जो खाया जाता है। जो (शरीर के लिए) इसकी उपासना करता है, वह पाप से (अधर्म से) नहीं बच सकता, क्योंकि यह अन्न मिश्र अर्थात् सभी प्राणियों का है। दो अन्न देवों को बाँट दिए ऐसा कहा है। वे दो अन्न यह हैं—1. हुतम्—यज्ञ में देवों के लिए होम किया गया और 2. प्रहुतम्—यज्ञ में से बलि के लिए लिया हुआ। इसलिए आज भी गृहस्थ लोग देवताओं के लिए होम करते हैं, और होम करने के बाद बलिहरण भी करते हैं। कुछ लोग यही दर्शपूर्णमास है ऐसा कहते हैं। इसलिए सकाम यज्ञों का यजन नहीं करना चाहिए। एक अन्न जो पशुओं को दिया वह दूध है। मनुष्य और पशु वास्तव में दूध से ही जीते हैं (टिकते हैं)। इसीलिए उत्पन्न हुए बच्चे को शुरू में दूध और घी ही चटाए जाते हैं। अथवा स्तनपान करवाते हैं। और उत्पन्न हुए बछड़े को 'घास नहीं खानेवाला' कहा जाता है। जो साँस लेता है और जो साँस नहीं लेता—वह सब कुछ अन्न में ही प्रतिष्ठित (आधारित) है। अर्थात् श्वास लेने वाला और न लेनेवाला सब कुछ इस पयस (दूध) पर ही आधारित है। एक वर्ष तक दूध

से यज्ञ करनेवाला मनुष्य बार-बार मृत्यु को जीतता है ऐसा जो कहा गया है, वह ठीक नहीं है। परन्तु जिस दिन वह दूध से होम करता है, उसी दिन वह मृत्यु को जीत लेता है। इस प्रकार जाननेवाला अवश्य ही अपना सब अन्नाद्य देवों को दे देता है। सर्वदा खाए जाने पर भी भला वे अन्न क्षीण क्यों नहीं होते ? क्योंकि अन्न का क्षय नहीं होने देनेवाला पुरुष है। क्योंकि बुद्धि (ज्ञान) और मेहनत से वह अन्न को उगाता है। जो मनुष्य इस अक्षिति को पुरुष के रूप में—'पुरुष ही अक्षिति है' इस प्रकार जानता है, वही इस अन्न को बुद्धि और कर्मों से उत्पन्न करता है। यदि वह ऐसा नहीं करता तब तो क्षीण हो ही जाता। वह प्रतीक से अनाज खाता है इसका अर्थ है मुख (मुख्यत्व - प्रधानत्व) अर्थात् वह प्रमुखता से अन्न खाता है गौण रूप से नहीं और कहा गया है कि—"वह देवों के पास जाता है और अमृत का भोक्ता बनता है"—यह सब तो अनाज की स्तुति करने के वचन हैं।

त्रीण्यात्मनेऽकुरुतेति मनो वाचं प्राणं तान्यात्मनेऽकुरुतान्यत्रमना अभूवं नादर्शमन्यत्रमना अभूवं नाश्रौषमिति मनसा ह्येव पश्यति मनसा शृणोति। कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाऽश्रद्धा धृतिरधृतिर्ह्रीर्धी-भीरित्येतत्सर्वं मन एव तस्मादपि पृष्ठत उपस्पृष्टो मनसा विजानाति यः कश्च शब्दो वागेव सैषा ह्यन्तमायत्तैषा हि न प्राणेऽपानो व्यान उदानः समानोऽन इत्येतत्सर्वं प्राण एवैतन्मयो वा अयमात्मा वाङ्मयो मनोमयः प्राणमयः ॥3॥

उसने (जगत्पिता ने) तीन अन्न अपने लिए नियत किए जो मन, वाणी और प्राण (श्वास) हैं। लोग कहते हैं—"मेरा मन अन्यत्र था इसलिए मैंने देखा नहीं, मेरा मन अन्यत्र था इसलिए मैंने सुना नहीं।" इसलिए मनुष्य वास्तव में मन से ही देखता है और मन से ही सुनता है। इच्छा, संकल्प, शंका, श्रद्धा, धैर्य, अधैर्य, लज्जा, बुद्धि, भय—यह सब मन स्वरूप ही है। इसलिए यदि मनुष्य का कोई पीठ का स्पर्श करे, तो भी वह मन से ही जान लेता है। जो कोई आवाज है, वह वाणी ही है। क्योंकि यह वाणी किसी अभिधेय (अर्थ का ही) अनुसरण करती है, स्वयं कुछ नहीं है। प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान—ये सब प्राण (श्वास) के रूप हैं। वास्तव में तो यह शरीर, वाणी, मन और प्राण से ही निर्मित हुआ है।

त्रयो लोका एत एव वागेवायं लोको मनोऽन्तरिक्षलोकः प्राणोऽसौ लोकः ॥4॥

तीन लोक ये ही हैं—वाणी लोक है, मन अन्तरिक्ष लोक है और प्राण स्वर्गलोक है।

त्रयो वेदा एत एव वागेवर्ग्वेदो मनो यजुर्वेदः प्राणः सामवेदः ॥5॥

तीन वेद भी वे ही हैं—वाणी ऋग्वेद है, मन यजुर्वेद है और प्राण सामवेद है।

देवाः पितरो मनुष्या एत एव वागेव देवाः मनः पितरः प्राणो मनुष्याः ॥6॥

देव, पितर और मनुष्य भी ये ही हैं—वाणी ही देव है, पितर मन है और प्राण मनुष्य है।

पिता माता प्रजैत एव मन एव पिता वाङ्माता प्राणः प्रजा ॥7॥

पिता, माता और प्रजा भी ये ही हैं—मन ही पिता है, वाणी माता है और प्राण प्रजा है।

विज्ञातं विजिज्ञास्यमविज्ञातमेत एव यत् किंच विज्ञातं वाचस्तद्रूपं वाग्धि विज्ञाता वागेनं तद्भूत्वाऽवति ॥8॥

जाना हुआ, जाननेयोग्य तथा न जाना हुआ—ये भी इस तीन के ही रूप हैं। जो कुछ जाना हुआ है वह वाणी का रूप है, क्योंकि वाणी जानी हुई होती है। ऐसा रूप धारण करके वाणी मनुष्य का रक्षण करती है।

यत्किंच विजिज्ञास्यं मनसस्तद्रूपं मनो हि विजिज्ञास्यं मन एनं तद्भूत्वाऽवति ॥9॥

जो कुछ जाननेलायक है, वह मन का रूप है क्योंकि जाननेवाले के लिए मन ही इष्ट है। मन ही जाननेलायक होकर उसकी रक्षा करता है।

यत्किंचाविज्ञातं प्राणस्य तद्रूपं प्राणो ह्यविज्ञातः प्राण एनं तद्भूत्वाऽवति ॥10॥

जो कुछ अविज्ञात है वह प्राण का ही रूप है, क्योंकि प्राण अविज्ञात है। प्राण अविर्ज्ञात होकर उसका रक्षण करता है।

तस्यैव वाचः पृथिवी शरीरं ज्योतीरूपमयमग्निस्तद्यावत्येव वाक्तावती पृथिवी तावानयमग्निः ॥11॥

यह पृथ्वी उस वाणी का शरीर है। यह अग्नि उसमें ज्योतिरूप से रहता है। जितनी वाणी है, उतनी पृथ्वी है। यह अग्नि भी उतना ही है।

अथैतस्य मनसो द्यौः शरीरं ज्योतीरूपमसावादित्यस्तद्यावदेव मनस्तावती द्यौस्तावानसावादित्यस्तौ मिथुनꣳ समैतां ततः प्राणोऽजायत स इन्द्रः स एषोऽसपत्नो द्वितीयो वै सपत्नो नास्य सपत्नो भवति य एवं वेद ॥12॥

इस तरह इस मन का द्युलोक शरीर है। वह आदित्य ज्योतिरूप है। वहाँ जितने परिमाण का मन है, उतने ही परिमाणवाला द्युलोक है और उतना ही आदित्य है। वह अग्निरूप वाणी और आदित्य रूप मन—दोनों परस्पर संयुक्त हुए। उससे प्राण उत्पन्न हुआ। वह यह इन्द्र है वह शत्रुरहित है। प्रतिपक्षी तो कोई अपने से अलग ही होता है। जो कोई भी इस प्रकार जानता है, उसका कोई शत्रु नहीं होता।

अथैतस्य प्राणस्यापः शरीरं ज्योतीरूपमसौ चन्द्रस्तद्यावानेव प्राणस्तावत्य आपस्तावानसौ चन्द्रस्त एते सर्व एव समाः सर्वेऽनन्ताः स यो हैतानन्तवत उपास्तेऽन्तवन्तꣳ स लोकं जयत्यथ यो हैताननन्तानुपास्तेऽनन्तꣳ स लोकं जयति ॥13॥

जल प्राण का शरीर है। उसमें ज्योति रूप में चन्द्र रहता है। जितना प्राण है उतना जल है और उतना ही चन्द्र है। ये सब (वाणी, मन, प्राण) समान हैं। वे अन्तहीन हैं। उन्हें अन्तवाला मानकर जो उनकी उपासना करता है, वह वैसे ही अन्तवाले (स्वर्गादि) लोक में जाता है। पर उन्हें अनन्त मानकर जो उसकी उपासना करता है, वह अनन्तलोक में जाता है।

स एष संवत्सरः प्रजापतिः षोडशकलस्तस्य रात्रय एव पञ्चदशकला ध्रुवैवास्य षोडशी कला स रात्रिभिरेवा च पूर्यतेऽप च क्षीयते सोऽमावास्याꣳ रात्रिमेतस्या षोडश्या कलया सर्वमिदं प्राणभृदनुप्रविश्य ततः प्रातर्जायते तस्मादेताꣳ रात्रिं प्राणभृतः प्राणं न विच्छिन्द्यादपि कृकलासस्यैतस्या एव देवताया अपचित्यै ॥14॥

यह संवत्सर ही प्रजापति है। वह सोलह कलाओं वाला है। रात्रियाँ ही उसकी कलाएँ हैं। सोलहवीं अमावसरूप कला स्थिर है। वह चन्द्र शुक्लपक्ष में रात्रियों से ही बढ़ता है और कृष्णपक्ष में उन्हीं से क्षीण होता है। अमावास्या की रात्रि में वह इस सोलहवीं कला के माध्यम से सभी सजीव प्राणियों के शरीर में प्रविष्ट हो जाता है। फिर दूसरे दिन जन्मता है। इसलिए अमावस की रात्रि में किसी प्राणी के प्राण का विच्छेद देवपूजा के लिए भी नहीं करना चाहिए, गिरगिट तक का भी नहीं।

यो वै स संवत्सरः प्रजापतिः षोडशकलोऽयमेव स योऽयमेवंवित्पुरुषस्तस्य वित्तमेव पञ्चदशकला आत्मैवास्य षोडशी कला स वित्तेनैवा च पूर्यतेऽप च क्षीयते तदेतन्नभ्यं यदयमात्मा प्रधिर्वित्तं तस्माद्यद्यपि सर्वज्यानिं जीर्यत आत्मना चेज्जीवति प्रधिनागादित्येवाहुः ॥15॥

वह यह जो सोलह कलावाला संवत्सर प्रजापति है, वित्त ही उसकी पंद्रह कलाएँ हैं तथा आत्मा (शरीर) ही सोलहवीं कला है। वित्त से ही वह बढ़ता-घटता है। यह जो आत्मा (पिण्ड - शरीर) है, वह रथचक्र की नाभिरूप है। और वित्त रथचक्र के बाहर का परिघ है। इसलिए पुरुष यदि सर्वस्व खो बैठे और दीन-हीन हो जाए और ग्लानि का अनुभव करे, तो भी अगर देहपिण्ड से जीता हो, तो लोग ऐसा ही कहते हैं कि "वह केवल बाह्य परिवार से ही चला गया है।

अथ त्रयो वाव लोका मनुष्यलोको देवलोकः पितृलोक इति सोऽयं मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यो नान्येन कर्मणा कर्मणा पितृलोको विद्यया देवलोको देवलोको वै लोकानांꣳ श्रेष्ठस्तस्माद्विद्यां प्रशꣳसन्ति ॥16॥

मनुष्यलोक, पितृलोक और देवलोक—ये तीन ही लोक हैं। जो यह मनुष्यलोक है, वह पुत्र द्वारा ही जीता जाता है अर्थात् प्राप्त (सिद्ध) किया जाता है, दूसरे किसी कर्म से नहीं। कर्म से पितृलोक और विद्या से देवलोक जीते जा सकते हैं अर्थात् प्राप्त (सिद्ध) किए जा सकते हैं। देवलोक सब लोकों में श्रेष्ठ है, इसीलिए तो लोग विद्या की प्रशंसा करते हैं।

अथातः संप्रत्तिर्यदा प्रैष्यन्मन्यतेऽथ पुत्रमाह त्वं ब्रह्म त्वं यज्ञस्त्वं लोक इति स पुत्रः प्रत्याहाहं ब्रह्माहं यज्ञोऽहं लोक इति यद्वै किंचननूक्तं तस्य सर्वस्य ब्रह्मेत्येकता। ये वै के च यज्ञास्तेषाꣳ सर्वेषां यज्ञ इत्येकता ये वै के च लोकास्तेषाꣳ सर्वेषां लोक इत्येकतैतावद्वा इदꣳ सर्वमेतन्मा सर्वꣳ सन्नयमितोऽभुनजदिति तस्मात् पुत्रमनुशिष्टं लोक्यमाहुस्तस्मादेनमनुशासति स यदैवंविदस्माल्लोकात्प्रैत्यथैभिरेव प्राणैः सह पुत्रमाविशति स यद्यनेन किंचिदक्षणयाकृतं भवति तस्मादेनꣳ सर्वस्मात्पुत्रो मुञ्चति तस्मात्पुत्रो नाम स पुत्रेणैवास्मिँल्लोके प्रतितिष्ठित्यथैनमेते दैवाः प्राणा अमृता आविशन्ति ॥17॥

अब यहाँ सम्प्रत्ति (सम्प्रदान) कहा जाता है। पिता जब—*"अब मैं मरूँगा" ऐसा समझता है,* तब पुत्र से कहता है—"तू ब्रह्म है, तू यज्ञ है, तू लोक है।" *तब पुत्र प्रतिवचन कहता है—"मैं ब्रह्म* हूँ, मैं यज्ञ हूँ, मैं लोक हूँ।" पिता ने जो कुछ वेदाध्ययन किया है वह सब ब्रह्म है, जो यज्ञ किए हैं वे सब मिलकर 'यज्ञ' हैं, जितने जगत् हैं, उनका समास 'लोक' शब्द में होता है। इन तीन शब्दों में सब कुछ आ जाता है। पिता सोचता है कि पुत्र में यह सब कुछ है, इसलिए वह मुझे जगत् के पार पहुँचायेगा। इसलिए पढ़कर विद्वान् पुत्र को 'लोक्य' (लोक को प्राप्त कराने वाला) कहा गया है। इसलिए पिता उसे पढ़ाता है। ऐसा जाननेवाला जो मनुष्य जब इस लोक से चला जाता है। तब इन प्राणों के साथ ही पुत्र में प्रवेश करता है। और पिता ने अमुक कार्य यदि संयोगवशात् पूरा न किया हो तो पुत्र पिता को उसमें से बचा लेता है। इसीलिए उसे 'पुत्र' कहा जाता है। पिता पुत्र के रूप में इस जगत् में टिका रहता है। बाद में वागादि देव इस पिता में (सम्प्रत्ति कर्म किए हुए पिता में) अमर प्राण प्रवेश करते हैं।

पृथिव्यै चैनमग्नेश्च दैवी वागाविशति सा वै दैवी वाग्यया यद्यदेव वदति तत्तद्भवति ॥18॥

पृथ्वी और अग्नि से उसमें दैवी वाक् का आवेश होता है। दैवी वाक् वही है, जिससे पुरुष जो कुछ भी बोलता है, वह उसी प्रकार हो जाता है।

दिवश्चैनमादित्याच्च दैवं मन आविशति तद्वै दैवं मनो येनानन्द्येव भवत्यथो न शोचति ॥19॥

द्युलोक और आदित्य से उसमें दैवी मन का आवेश होता है। दैवी मन वही है कि जिससे वह आनन्दित होता है और शोक नहीं करता।

अद्भ्यश्चैनं चन्द्रमसश्च दैवः प्राण आविशति स वै दैवः प्राणो यः संचरꣳश्चासंचरꣳश्च न व्यथतेऽथो न रिष्यति स एवंवित्सर्वेषां भूतानामात्मा भवति यथैषा देवतैवꣳ स यथैतां देवताꣳ सर्वाणि भूतान्यवन्त्येवꣳहैवंविदꣳ सर्वाणि भूतान्यवन्ति यदु किंचेमाः प्रजाः शोचन्तमैवासां तद्भवति पुण्यमेवामुं गच्छति न ह वै देवान् पापं गच्छति ॥20॥

जल और चन्द्रमा से उसमें दैव प्राण का आवेश होता है। यह दैव प्राण वही है, जो संचार करते हुए और संचार न करते हुए भी व्यथित नहीं होता और नष्ट भी नहीं होता। इस प्रकार जो जानता है, वह सभी प्राणियों का आत्मा हो जाता है। जैसा यह देव (हिरण्यगर्भ) है, ऐसा ही वह हो जाता है। जैसे इस देवता का सभी प्राणी पालन करते हैं, वैसे ही इस उपासक का भी सभी प्राणी पालन करते हैं। जो कुछ भी ये प्रजाएँ शोक करती हैं, वह दुःख उन प्रजाओं के साथ ही रहता है, पर उसको तो पुण्य ही मिलता है। क्योंकि देवताओं के पास पाप जा ही नहीं जा सकता।

अथातो व्रतमीमाꣳसा प्रजापतिर्ह कर्माणि ससृजे तानि सृष्टान्यन्योऽन्येनास्पर्धन्त वदिष्याम्येवाहमिति वाग्दध्रे द्रक्ष्याम्यहमिति चक्षुः श्रोष्याम्यहमिति श्रोत्रमेवमन्यानि कर्माणि यथाकर्म तानि मृत्युः श्रमो भूत्वोपयेमे तान्याप्नोत्तान्याप्त्वा मृत्युरवारुन्धत्तस्माच्छ्राम्यत्येव वाक् श्राम्यति चक्षुः श्राम्यति श्रोत्रमथेममेव नाम्नोद्योऽयं मध्यमः प्राणस्तानि ज्ञातुं दध्रिरे अयं वै नः श्रेष्ठो यः संचरꣳश्चासंचरꣳश्च न व्यथतेऽथो न रिष्यति हन्तास्यैव

सर्वे रूपमसामेति त एतस्यैव सर्वे रूपमभवꣳस्तस्मादेत एतेनाख्यायन्ते प्राणा इति तेन ह वाव तत्कुलमाचक्षते यस्मिन्कुले भवति य एवं वेद य उ हैवंविदा स्पर्धतेऽनुशुष्यत्यनुशुष्य हैवान्ततो म्रियत इत्यध्यात्मम् ॥2 1॥

अब आगे व्रत का (उपासना कर्म का) विचार किया जा रहा है। प्रजापति ने ही कर्मसाधनरूप यागादि करण को उत्पन्न किया। रचे हुए ये कर्मसाधन एक-दूसरे के साथ स्पर्द्धा करने लगे। वाणी ने कहा—"मैं बोला ही करूँगी।" चक्षु ने कहा—"मैं देखा ही करूँगा।" कान बोला—"मैं सुना ही करूँगा।" इस प्रकार प्रत्येक कर्मकरण-इन्द्रिय अपने-अपने काम के लिए बोले। अत: मृत्यु ने श्रमरूप होकर उन्हें पकड़ा अर्थात् उनमें (मृत्यु में) श्रमरूप से व्याप्त हो गया। उनमें व्याप्त होने पर मृत्यु ने उन्हें काम करने से रोक दिया। इसीलिए वाणी थक जाती है, आँख थक जाती है, कान थक जाता है। पर जो यह मध्यम प्राण है, उसे ही श्रमरूपी मृत्यु नहीं पकड़ सका। अत: उन इन्द्रियों ने प्राण को पहचानने का निश्चय किया कि "वह हममें सबसे श्रेष्ठ है। वह संचरणशील हो या स्थिर हो, तो भी थकता या नष्ट नहीं होता। इसलिए हम सब उसी का रूप ग्रहण करें।" तब उन सभी ने प्राण का रूप ग्रहण किया। इसलिए उन्हें 'प्राण' नाम दिया गया है।

अथाधिदैवतं ज्वलिष्याम्येवाहमित्यग्निर्दध्रे तप्स्याम्यहमित्यादित्यो भास्याम्यहमिति चन्द्रमा एवमन्या देवता यथादैवतꣳ स यथैषां प्राणानां मध्यमः प्राण एवमेतासां देवतानां वायुर्निम्लोचन्ति ह्यन्या देवता न वायुः सैषानस्तमिता देवता यद्वायुः ॥2 2॥

अब अधिदैव दर्शन कहा जाता है। "मैं जला ही करूँगा"—ऐसा व्रत अग्नि ने धारण किया। "मैं तपा ही करूँगा"—ऐसा आदित्य ने और "मैं प्रकाशित हुआ ही करूँगा"—ऐसा चन्द्रमा ने भी कहा। इसी प्रकार अन्य देवों ने भी अपने-अपने कामों में लगे रहने का निश्चय किया। शरीर की इन्द्रियों की बात में जैसा मुख्य प्राण के बारे में हुआ, वैसा ही (इन) देवों में वायु के बारे में हुआ। अन्य देव काम करते रुक जाते हैं, पर वायु चलता ही रहता है।

अथैष श्लोको भवति यतश्चोदेति सूर्योऽस्तं यत्र च गच्छतीति प्राणाद्वा एष उदेति प्राणेऽस्तमेति तं देवाश्चक्रिरे धर्मꣳ स एवाद्य स उ श्व इति यद्वा एतेऽमुर्ह्यधियन्त तदेवाप्यद्य कुर्वन्ति। तस्मादेकमेव व्रतं चरेत्प्राण्याच्चैवापान्याच्च नेन्मा पाप्मा मृत्युराप्नुवदिति यद्यु चरेत्समापिपयिषेत्तेनो एतस्यै देवतायै सायुज्यꣳ सलोकतां जयति ॥2 3॥

इति पञ्चमं ब्राह्मणम् ॥

यहाँ यह मन्त्र है—"जिस वायुदेव से सूर्य उगता है और जिसमें अस्त होता है, वह इस प्राण में से ही उगता है और प्राण में ही अस्त होता है।" इसी को देवों ने धर्म (नियम) माना है। वह आज और कल भी (सभी काल में) रहनेवाला (शाश्वत) नियम है। वागादि इन्द्रियों और अग्नि आदि देवों ने जो काम करने का निर्णय किया था, वह काम वे आज भी करते हैं। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह भी एक काम करता रहे, श्वासोच्छ्वास की क्रिया करता रहे, "पापी मृत्यु मुझे प्राप्त न हो"—ऐसी भावना किया करे, जो काम हाथ में लिया हो उसे पूरा करे। ऐसा करने से वह उस देव में (प्राण में) संपूर्ण एकाकार हो जाता है और प्राण के लोक को प्राप्त करता है।

(यहाँ पाँचवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

षष्ठं ब्राह्मणम्

त्रयं वा इदं नामरूपं कर्म तेषां नाम्नां वागित्येतदेषामुक्थमतो हि सर्वाणि नामान्युत्तिष्ठन्त्येतदेषाꣳ सामैतद्धि सर्वैर्नामभिः सममेतदेषां ब्रह्मैतद्धि सर्वाणि नामानि बिभर्ति ॥1॥

यह जगत्, नाम, रूप और कर्म का समुदाय है। इन पूर्वोक्त नामों का 'वाक्' ही उक्थ—कारण है, क्योंकि सभी नाम इसी से उत्पन्न होते हैं। यही उनका साम है, क्योंकि वास्तव में सभी नामों में वह (वाग्) समान है। वही उनका ब्रह्म है क्योंकि यही साम सभी नामों को धारण करता है।

अथ रूपाणां चक्षुरित्येतदेषामुक्थमतो हि सर्वाणि रूपाण्युत्तिष्ठन्त्येतदेषाꣳ सामैतद्धि सर्वैं रूपैः सममेतदेषां ब्रह्मैतद्धि सर्वाणि रूपाणि बिभर्ति ॥2॥

अब रूपों का सामान्य चक्षु है। यही उनका उक्थ (कारण) है, क्योंकि इसी से सभी रूप उत्पन्न होते हैं। यही उनका साम है, क्योंकि यह सब रूपों के साथ समरूप है। यही उनका ब्रह्म है क्योंकि सभी रूप उसी के आधार पर होते हैं।

अथ कर्मणामात्मेत्येतदेषामुक्थमतो हि सर्वाणि कर्माण्युत्तिष्ठन्त्येतदेषाꣳ सामैतद्धि सर्वैः कर्मभिः सममेतदेषां ब्रह्मैतद्धि सर्वाणि कर्माणि बिभर्ति तदेतत्त्रयꣳ सदेकमयमात्माऽत्मो एकः सन्नेतत्त्रयं तदेतदमृतꣳ सत्येन छन्नं प्राणो वा अमृतं नामरूपे सत्यं ताभ्यामयं प्राणश्छन्नः ॥3॥

इति षष्ठं ब्राह्मणम् ॥

इति बृहदारण्यकोपनिषदि प्रथमोऽध्यायः ॥1॥

अब यह शरीर ही कर्मों का उक्थ (कारण) है, क्योंकि सभी कर्म शरीर से ही उत्पन्न होते हैं। शरीर ही कर्मों का साम भी है, क्योंकि सभी कर्म शरीर से ही हो सकते हैं अर्थात् सभी कर्मों में शरीर समानरूप से रहता है। शरीर ही सभी कर्मों का ब्रह्म है, क्योंकि सभी कर्म शरीर पर ही आधार रखते हैं। ये तीनों अलग-अलग दिखाई पड़ते हैं, पर वास्तव में ये एक (शरीर) ही हैं। आत्मा (शरीर) एक होने पर भी इन तीनों रूपों में दिखाई देता है। उसी प्रकार यह अमर आत्मा भी सत्य से (प्रत्यक्ष जगत् से) ढँका हुआ है। प्राण ही अमृत (अमर) है। यह प्रत्यक्ष नामरूपात्मक जगत् ही सत्य है। उस नामरूप से यह आत्मा आच्छन्न है।

(यहाँ छठा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

यहाँ बृहदारण्यकोपनिषद् का प्रथम अध्याय समाप्त होता है।

❋

अथ द्वितीयोऽध्यायः

प्रथमं ब्राह्मणम्

ॐ दृप्तबालाकिर्हानूचानो गार्ग्य आस स होवाचाजातशत्रुं काश्यं ब्रह्म ते ब्रवाणीति स होवाचाजातशत्रुः सहस्रमेतस्यां वाचि दद्यो जनको जनक इति वै जना धावन्तीति ॥1॥

गार्ग्य गोत्र का बालाकि नाम का एक ब्राह्मण था। वह गर्विष्ठ और वाचाल था। उसने काशी के राजा अजातशत्रु से कहा—"मैं आपको ब्रह्म के बारे में समझा दूँगा।" अजातशत्रु ने कहा—"ठीक है। इस वचन के लिए मैं आपको एक हजार गायें देता हूँ"। यहाँ लोग—"यह तो जनक (जैसा श्रोता) है, यह तो जनक (जैसा दाता है) है"—ऐसा मानकर दौड़कर आया करते हैं।

स होवाच गार्ग्यो य एवासावादित्ये पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा अतिष्ठाः सर्वेषां भूतानां मूर्धा राजेति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्तेऽतिष्ठाः सर्वेषां भूतानां मूर्धा राजा भवति ॥2॥

गार्ग्य ने कहा—"सूर्य में जो (चेतन) पुरुष रहता है, उसी की मैं उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु ने कहा—ऐसी बात मुझे मत कहो। मैं यह तो जानता ही हूँ कि वह पुरुष सबसे श्रेष्ठ है, सबका स्वामी है, राजा है और इसीलिए मैं उसकी उपासना करता हूँ। जो मनुष्य इसकी इस तरह उपासना करता है, वह सब प्राणियों में श्रेष्ठ बनता है, सबका स्वामी बनता है, राजा बनता है।

स होवाच गार्ग्यो य एवासौ चन्द्रे पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा बृहत्पाण्डरवासाः सोमो राजेति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्तेऽहरहर्ह सुतः प्रसुतो भवति नास्यान्नं क्षीयते ॥3॥

गार्ग्य ने कहा—"जो (चेतन) पुरुष चन्द्रमा में रहता है, उसी की मैं ब्रह्म मानकर उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु बोले—यह बात मुझे न कहो। मैं यह जानता ही हूँ कि वह सोम श्वेतवस्त्रधारी बड़ा राजा है और इसीलिए मैं उसे पूजता हूँ। जो मनुष्य इसकी इस तरह से उपासना करता है, उसे प्रतिदिन सोमरस परोसा जाता है और उसके लिए अन्न कभी क्षीण नहीं होता।

स होवाच गार्ग्यो य एवासौ विद्युति पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठास्तेजस्वीति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते तेजस्वी ह भवति तेजस्विनी हास्य प्रजा भवति ॥4॥

गार्ग्य ने (फिर) कहा—"विद्युत् में जो (चेतन) पुरुष रहता है, उसी की मैं ब्रह्म मानकर उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु बोले—यह बात मुझे न कहो। यह तो मैं जानता ही हूँ कि वह पुरुष तेजस्वी है, और इसीलिए मैं उसे पूजता हूँ। कोई भी यदि उसे ऐसा मानकर पूजेगा तो वह तेजस्वी होगा और उसकी सन्तानें भी तेजस्वी होंगी।

स होवाच गार्ग्यो य एवायमाकाशे पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठाः पूर्णमप्रवर्तीति वा अहमेतमुपास

इति स य एतमेवमुपास्ते पूर्यते प्रजया पशुभिर्नास्यास्माल्लोकात्प्रजोद्वर्तते ॥5॥

गार्ग्य ने कहा—"जो (चेतन) पुरुष आकाश में रहता है उसे ब्रह्म मानकर मैं उसकी उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु बोले—यह बात न कहो। मैं यह तो जानता ही हूँ कि वह पुरुष पूर्ण है, और स्थिर है। इसीलिए मैं इसे पूजता हूँ। जो कोई उसे इस प्रकार पूजता है, वह सन्तति से और पशुओं से भरपूर हो जाता है। इस लोक में उसका वंश नष्ट नहीं होता।

स होवाच गार्ग्यो य एवायं वायौ पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा इन्द्रो वैकुण्ठोऽपराजिता सेनेति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते जिष्णुर्हापराजिष्णुर्भवत्यन्यतस्त्यजायी ॥6॥

गार्ग्य ने कहा—"वायु में जो (चेतन) पुरुष है, उसे मैं ब्रह्म मानकर पूजता हूँ।" तब अजातशत्रु बोले—ऐसी बात मत कहो। यह तो मैं जानता ही हूँ कि वह पुरुष इन्द्र है, उसका बल अपार है, उसकी सेना अजेय है, इसलिए तो मैं उसको पूजता हूँ। जो कोई उसे इस तरह पूजता है, वह विजयी होता है, वह अजेय होता है, वह शत्रुओं को जीतनेवाला होता है।

स होवाच गार्ग्यो य एवायमग्नौ पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा विषासहिरिति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते विषासहिर्ह भवति विषासहिर्हास्य प्रजा भवति ॥7॥

गार्ग्य ने कहा—"अग्नि में जो (चेतन) पुरुष है, उसकी मैं ब्रह्म मानकर उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु ने कहा—ऐसा मत कहो, उसकी तो मैं 'विषासहि' के रूप में उपासना करता ही हूँ। जो कोई इस तरह उसकी उपासना करता है, वह 'विषासहि' (अन्यों को सहन करनेवाला) होता है, इसकी सन्तानें भी 'विषासहि' (सहनशील) होती हैं।

स होवाच गार्ग्यो य एवायमप्सु पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठाः प्रतिरूप इति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते प्रतिरूपꣳ हैवेनमुपगच्छति नाप्रतिरूपमथो प्रतिरूपोऽस्माज्जायते ॥8॥

गार्ग्य ने कहा—"जल में जो यह पुरुष रहता है, उसकी मैं ब्रह्म समझकर उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु ने कहा—ऐसी बात न कहो! उसको मैं 'प्रतिरूप' के रूप में पूजता हूँ। जो कोई इस प्रकार उसकी उपासना करता है तो उसे प्रतिरूप (अनुकूल) ही सब प्राप्त होता है। उसका प्रतिकूल कुछ नहीं होता, उसका पुत्र अनुकूल ही जन्म लेता है।

स होवाच गार्ग्यो य एवायमादर्शे पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा रोचिष्णुरिति वा अहमेतमुपास इति स य एवमेतमुपास्ते रोचिष्णुर्ह भवति रोचिष्णुर्हास्य प्रजा भवत्यथो यैः सन्निगच्छति सर्वाꣳस्तानतिरोचते ॥9॥

गार्ग्य ने कहा—"आदर्श (दर्पण) में जो यह पुरुष रहता है उसे मैं ब्रह्म मानकर उसकी उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु बोले—ऐसी बात न कहो। उसको तो मैं तेजस्वी के रूप में जानता हूँ और

इसलिए उसकी उपासना करता हूँ। जो कोई भी उसकी इस प्रकार से उपासना करता है, वह तेजस्वी होता है, उसकी सन्तानें भी तेजस्वी होती हैं। जो कोई इसके संपर्क में आता है, उससे वह अधिक तेजस्वी होता है।

स होवाच गार्ग्यो य एवायं यन्तं पश्चाच्छब्दोऽनूदेत्येतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा असुरिति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते सर्वꣳ हैमास्मिँल्लोकः आयुरेति नैनं पुरा कालात्प्राणो जहाति ॥10॥

गार्ग्य ने कहा—"चलते हुए मनुष्य के पीछे जो आवाज होती है, उसकी मैं ब्रह्म समझकर उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु ने कहा—ऐसी बात (भी) न कहो क्योंकि मैं उसको असु (प्राण) के रूप में पहचानता ही हूँ, और उसकी उपासना करता हूँ। जो कोई भी उसकी इस प्रकार उपासना करता है, वह इस लोक में पूर्ण आयुष्य को प्राप्त करता है, वह अकाल में प्राणत्याग नहीं करता।

स होवाच गार्ग्यो य एवायं दिक्षु पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा द्वितीयोऽनपग इति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते द्वितीयवान् ह भवति नास्माद्गणश्छिद्यते ॥11॥

गार्ग्य ने कहा—"जो यह दिशाओं में पुरुष है उसको ब्रह्म मानकर मैं उसकी उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु ने कहा—ऐसा न कहो। यह तो मैं जानता ही हूँ कि वह पुरुष हमारा दूसरा साथी है, और इसलिए मैं उसकी उपासना करता हूँ। जो कोई उसकी इस तरह उपासना करता है, वह अन्य साथीवाला होता है, उसके मित्र उससे कभी अलग नहीं हो जाते।

स होवाच गार्ग्यो य एवायं छायामयः पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा मृत्युरिति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्ते सर्वꣳ हैवास्मिँल्लोक आयुरेति नैनं पुरा कालान्मृत्युरागच्छति ॥12॥

गार्ग्य ने कहा—"जो यह छायारूप पुरुष है उसे ब्रह्म मानकर मैं उसकी उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु बोले—यह बात मत कहो। मैं जानता ही हूँ कि वह 'मृत्यु' है और मैं उसकी इसी तरह उपासना करता हूँ। जो कोई भी उसकी इस तरह से उपासना करता है, वह पूर्ण आयुष्य प्राप्त करता है, और उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती।

स होवाच गार्ग्यो य एवायमात्मनि पुरुष एतमेवाहं ब्रह्मोपास इति स होवाचाजातशत्रुर्मा मैतस्मिन्संवदिष्ठा आत्मन्वीति वा अहमेतमुपास इति स य एतमेवमुपास्त आत्मन्वीह भवत्यात्मन्विनी ह्यस्य प्रजा भवति स ह तूष्णीमास गार्ग्यः ॥13॥

गार्ग्य ने कहा—"जो यह आत्मा (बुद्धि) में पुरुष है उसे ब्रह्म मानकर उसकी मैं उपासना करता हूँ।" तब अजातशत्रु ने कहा—ऐसी बात न कहो। यह तो मैं जानता ही हूँ कि वह (बुद्धि) आत्मावाली ही है, और मैं उसकी इसी तरह उपासना करता हूँ। जो कोई भी इसकी इस तरह उपासना करता है,

वह आत्मन्वी (स्वतंत्र बुद्धिवाला) होता है। उसकी प्रजा भी स्वतंत्र होती है। यह सुनकर गार्ग्य चुप हो गया।

स होवाचाजातशत्रुरेतावन्नू3 इत्येतावद्धीति नैतावता विदितं भवतीति स होवाच गार्ग्य उपत्वायानीति ॥14॥

अजातशत्रु ने कहा—"बस, इतना ही तुमने जाना है क्या ?" गार्ग्य ने कहा—"हाँ, इतना ही जाना है।" अजातशत्रु ने कहा—"इतने मात्र से ब्रह्म को नहीं जाना जा सकता।" तब गार्ग्य बोला—"तब आप ही मुझे समझाइये। मैं आपकी शरण में आया हूँ।"

स होवाचाजातशत्रुः प्रतिलोमं चैतद्यद्ब्राह्मणः क्षत्रियमुपेयाद्ब्रह्म मे वक्ष्यतीति व्येव त्वा ज्ञपयिष्यामीति तं पाणावादायोत्तस्थौ तौ ह पुरुषꣳ सुप्तमाजग्मतुस्तमेतैर्नामभिरामन्त्रयांचक्रे बृहन् पाण्डरवासः सोमराजन्निति न नो तस्थौ तं पाणिनापेषं बोधयांचकार स होत्तस्थौ ॥15॥

अजातशत्रु ने कहा—"क्षत्रिय के पास ब्राह्मण जाए और यह आशा रखे कि वह मुझे ब्रह्म के बारे में समझाएगा, यह तो उल्टी ही बात हुई। फिर भी मैं तुम्हें समझाऊँगा।" ऐसा कहकर राजा गार्ग्य का हाथ पकड़कर खड़ा हुआ। वे दोनों एक सोए हुए पुरुष के पास गए। उस पुरुष को राजा ने इन नामों से जोर से पुकारा—"हे महापुरुष ! हे श्वेतवस्त्रधारी ! हे सोमराज ! फिर भी वह मनुष्य जागा नहीं। फिर बाद में राजा ने उसे हाथ से टटोलकर जगाया, तब वह खड़ा हो गया।

स होवाचाजातशत्रुर्यत्रैष एतत्सुप्तोऽभूद्य एष विज्ञानमयः पुरुषः क्वैष तदाभूत्कुत एतदागादिति तदु ह न मेने गार्ग्यः ॥16॥

अजातशत्रु ने कहा—जब यह पुरुष सोया हुआ था, तब उसके शरीर में रहनेवाला विज्ञानमय (चेतन) आत्मा कहाँ था, और वह यहाँ फिर कहाँ से आ गया ?" गार्ग्य को कुछ मालूम नहीं था।

स होवाचाजातशत्रुर्यत्रैष एतत्सुप्तोऽभूद्य एष विज्ञानमयः पुरुषस्तदेषां प्राणानां विज्ञानेन विज्ञानमादाय य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते तानि यदा गृह्णात्यथ हैतत्पुरुषः स्वपिति नाम तद्गृहीत एव प्राणो भवति गृहीता वाग् गृहीतं चक्षुर्गृहीतꣳ श्रोत्रं गृहीतं मनः ॥17॥

अजातशत्रु ने कहा—जब यह मनुष्य सो जाता है, तब उसके शरीर में अवस्थित विज्ञानमय (चेतन) पुरुष अपने विज्ञान द्वारा सभी इन्द्रियों के विज्ञान को अपने भीतर ग्रहण करके हृदयाकाश में सो जाता है। यह पुरुष जब उन सभी विज्ञानों को अपने भीतर ग्रहण कर लेता है (खींच लेता है) तब ऐसा कहा जाता है कि वह सो गया है। अर्थात् वह 'स्वपिति' नामवाला हो जाता है। उस समय उसका श्वास भीतर चला जाता है, वाणी भीतर चली जाती है, कान भीतर चला जाता है, आँख भीतर चली जाती है और मन भी भीतर चला जाता है।

स यत्रैतत्स्वप्नयाचरति ते हास्य लोकास्तदुतेव महाराजो भवत्युतेव महाब्राह्मण उतेवोच्चावचं निगच्छति स यथा महाराजो जानपदान् गृहीत्वा स्वे जनपदे यथाकामं परिवर्तेतैवमेवैष एतत्प्राणान् गृहीत्वा स्वे शरीरे यथाकामं परिवर्तते ॥18॥

जब यह मनुष्य स्वप्नावस्था में चलता-फिरता है, तब उसे ऐसे अनुभव होते हैं कि मानो वह राजा है, वह बड़ा ब्राह्मण है, कभी उच्च कभी निम्न कोटि में जाता है। जैसे कोई बड़ा राजा अपनी प्रजा को साथ में लिए अपने देश में यथेच्छ घूमता है, वैसे ही विज्ञानरूप पुरुष भी (उस समय) अपने प्राणों को साथ में लिए हुए (अर्थात् इन्द्रियों को अपने साथ लेकर) अपने शरीर में अपना इच्छानुसार घूमता रहता है।

अथ यदा सुषुप्तो भवति यदा न कस्यचन वेद हिता नाम नाड्यो द्वासप्ततिः सहस्राणि हृदयात्पुरीततमभिप्रतिष्ठन्ते ताभिः प्रत्यवसृप्य पुरीतति शेते स यथा कुमारो वा महाराजो वा महाब्राह्मणो वातिघ्नीमानन्दस्य गत्वा शयीतैवमेवैष एतच्छेते ॥19॥

जब वह मनुष्य सुषुप्त अवस्था में होता है, तब उसे कुछ भी मालूम नहीं होता। शरीर में 'हिता' नाम से प्रसिद्ध बहत्तर हजार नाड़ियाँ हैं। वे हृदय से निकलकर सारे शरीर में फैलती हैं। वह पुरुष उन नाडियों में से निकलकर शरीर में सो जाता है। जैसे कोई बच्चा या कोई बड़ा राजा अथवा तो विद्याविनयसम्पन्न कोई परिपक्व ब्राह्मण सर्वदुःखनाशक सुखावस्था को प्राप्त करके सो जाता है, वैसे ही यह विज्ञानमय पुरुष सो जाता है।

स यथोर्णनाभिस्तन्तुनोच्चरेद्यथाग्नेः क्षुद्रा विस्फुलिङ्गा व्युच्चरन्त्येवमेवास्मादात्मनः सर्वे प्राणाः सर्वे लोकाः सर्वे देवाः सर्वाणि भूतानि व्युच्चरन्ति तस्योपनिषत्सत्यस्य सत्यमिति प्राणा वै सत्यं तेषामेष सत्यम् ॥20॥

इति प्रथमं ब्राह्मणम् ॥

जैसे मकड़ी (सेहुआ) अपनी लार के (राल के) तंतु से ऊपर जाती है, जैसे अग्नि से छोटे-छोटे अंगारे निकलते हैं, वैसे ही आत्मा में से सभी इन्द्रियाँ, सभी लोक, सभी देव, सभी प्राणी उत्पन्न होते हैं। इस आत्मा का गूढ नाम है—"सत्य का भी सत्य।" इन्द्रियाँ सत्य हैं, पर आत्मा उनका भी सत्य है।

(यहाँ पहला ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयं ब्राह्मणम्

यो ह वै शिशुꣳ साधानꣳ सप्रत्याधानꣳ सस्थूणꣳ सदामं वेद सप्त ह द्विषतो भ्रातृव्यानवरुणद्धयं वाव शिशुर्योऽयं मध्यमः प्राणस्तस्येदमेवाधानमिदं प्रत्याधानं प्राणः स्थूणान्नं दाम ॥1॥

जो कोई इस प्राणतत्त्व रूपी शिशु को उसके निवासस्थान, तबेले और खूँटे तथा रस्सी के साथ जान लेता है, वह अपने द्वेषी सात भतीजों (सात विरोधियों—पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, मन और बुद्धि) को रोक सकता है। वह शिशु यहाँ शरीर में अवस्थित मुख्य प्राण है, शरीर उसका निवास-स्थान, मस्तक उसका तबेला और श्वास उसका खूँटा तथा अनाज ही उसकी रस्सी है।

तमेताः सप्ताक्षितय उपतिष्ठन्ते तद्या इमा अक्षन् लोहिन्यो राजयस्ताभिरेनꣳ रुद्रोऽन्वायत्तोऽथ या अक्षन्नापस्ताभिः पर्जन्यो या कनीनिका

तयादित्यो यत्कृष्णं तेनाग्निर्यच्छुक्लं तेनेन्द्रोऽधरयैनं वर्तन्या पृथिव्यन्वायत्ता द्यौरुत्तरया नास्यान्नं क्षीयते य एवं वेद ॥2॥

ये सात अक्षिति (अमर देव) उसकी सेवा करते हैं। (जैसे—) उसकी आँखों में जो लाल रेखाएँ हैं, उनके द्वारा रुद्र उसकी रक्षा करते हैं। आँख में जो पानी है, उसके द्वारा पर्जन्य उसकी रक्षा करते हैं। आँख की जो पुतली है, उसके द्वारा आदित्य उसकी सेवा करता है। आँख में जो काला अंश है, उसके द्वारा अग्नि उसकी रक्षा करता है। जो सफेद अंश है, उसके द्वारा इन्द्र उसकी सेवा करता है। आँख की नीचे की बरुनी के द्वारा पृथ्वी उसकी सेवा करती है। और ऊपर की बरुनी के द्वारा स्वर्ग उसकी सेवा करता है। जो मनुष्य ऐसा जानता है उसका अन्न कभी क्षीण नहीं होता।

तदेष श्लोको भवति। अर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नस्तस्मिन्यशो निहितं विश्वरूपम्। तस्यासत ऋषयः सप्त तीरे वागष्टमी ब्रह्मणा संविदानेत्यर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्न इतीदं तच्छिर एष ह्यर्वाग्बिलश्चमस ऊर्ध्वबुध्नस्तस्मिन्यशो निहितं विश्वरूपमिति प्राणा वै यशो विश्वरूपं प्राणानेतदाह तस्यासत ऋषयः सप्त तीर इति प्राणा वा ऋषयः प्राणानेतदाह वागष्टमी ब्रह्मणा संविदानेति वाग्ध्यष्टमी ब्रह्मणा संवित्ते ॥3॥

उस विषय में यह श्लोक है—सोमरस भरने का जो 'चमस' (यक्षपात्र) है, वह नीचे मुखवाला और ऊपर तले वाला है। उसमें विश्वरूप यश रखा हुआ है। उसके तीर पर सात ऋषि और आठवीं वेद द्वारा बोलने वाली वाणी स्थित है। नीचे मुखवाला और ऊपर की ओर तलेवाला ऐसा यह जो चमस के आकारवाला है वह मनुष्य का मस्तक है, क्योंकि यह भी नीचे छिद्र (मुख) वाला और ऊपर तलेवाला चमस (सोमरस भरने का यज्ञ पात्र) ही है। उसमें विविध प्रकार का प्राण अवस्थित है। वही विश्वरूप यश–सर्वशक्तिमान सर्वोत्तमभवी है। इसलिए प्राण को ही विश्वरूप यश कहते हैं। उसके समीप सात ऋषि रहते हैं। प्राण ही (गौण प्राणइन्द्रियाँ—दो आँखें, दो कान, दो नाक के छिद्र और सातवीं जीभ) ये ऋषि हैं। इसीलिए मंत्र इन्हें 'प्राण' संज्ञा देते हैं। वेद द्वारा बोलने वाली आठवीं वाणी हैं। वह वेद द्वारा उच्चार करती है।

इमावेव गोतमभरद्वाजावयमेव गोतमोऽयं भरद्वाज इमावेव विश्वामित्रजमदग्नी अयमेव विश्वामित्रोऽयं जगदग्निरिमावेव वसिष्ठकश्यपावयमेव वसिष्ठोऽयं कश्यपो वागेवात्रिर्वाचा ह्यन्नमद्यतेऽत्तिर्ह वै नामैतद्यदत्रिरिति सर्वस्यात्ता भवति सर्वमस्यान्नं भवति य एवं वेद ॥4॥

इति द्वितीयं ब्राह्मणम् ॥

ये दोनों (कान) ही गौतम और भरद्वाज हैं, यह (एक) गौतम और दूसरा भरद्वाज है। ये दोनों (नेत्र) ही विश्वामित्र और जमदग्नि हैं। यही (एक) विश्वामित्र और दूसरा जमदग्नि है। ये दोनों (नथुने) ही वसिष्ठ और कश्यप हैं। यही (एक) वसिष्ठ है और दूसरा कश्यप है। और जीभ ही अत्रि है, क्योंकि वाग् (जीभ) द्वारा ही अन्न खाया जाता है। जिसे 'अत्रि' कहा जाता है, वह 'अत्ति' नामवाला ही है। जो इस तथ्य को जानता है, वह सबका भोग करने वाला (अत्ता) होता है और सब कुछ उसका अन्न हो जाता है।

(यहाँ दूसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

तृतीयं ब्राह्मणम्

द्वे वाव ब्रह्मणो रूपे मूर्तं चैवामूर्तं च मर्त्यं चामृतं च स्थितं च यच्च सच्च त्यच्च ॥1॥

ब्रह्म के दो रूप हैं—मूर्त और अमूर्त; मर्त्य और अमृत; चर और अचर; सत् और त्यत् (अदृश्य)।

तदेतन्मूर्तं यदन्यद्वायोश्चान्तरिक्षाच्च तन्मर्त्यमेतत्स्थितमेतत्सत्तस्यैतस्य मूर्तस्यैतस्य मर्त्यस्यैतस्य स्थितस्यैतस्य सत एष रसो य एष तपति सतो ह्येष रसः ॥2॥

वायु और अन्तरिक्ष से जो कुछ भी भिन्न है, वह ब्रह्म का साकार स्वरूप है। वह सब मरणशील ही है, वह अव्यापक (परिमित) है, वह देखा जा सकता है। इस साकार, विनाशी, परिमित, देखे जानेवाले रूप का सारतत्त्व यह सूरज है, जो तपता है। दृश्य जगत् का वही सार है।

अथामूर्तं वायुश्चान्तरिक्षं चैतदमृतमेतद्यदेतत्त्यत्तस्यैतस्यामूर्तस्यैतस्यामृतस्यैतस्य यत एतस्य त्यस्यैष रसो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषस्तस्य ह्येष रस इत्यधिदैवतम् ॥3॥

और वायु और अन्तरिक्ष अमृत हैं, ये अमूर्त और त्यत् (गतिशील) हैं, इसी अमृतरूप और गतिशील 'त्यत्' का जो रस (सारतत्त्व) है, वह (इस आदित्यमण्डल में स्थित) पुरुष है, वही इस गतिशील तत्त्व का सार है (जो भौतिक आँख से देखा नहीं जा सकता)। यह देवों के विषय की (अधिदैव) बात हुई।

अथाध्यात्ममिदमेव मूर्तं यदन्यत्प्राणाच्च यश्चायमन्तरात्मन्नाकाश एतन्मर्त्यमेतत्स्थितमेतत्सत्तस्यैतस्य मूर्तस्यैतस्य मर्त्यस्यैतस्य स्थितस्यैतस्य सत एष रसो यच्चक्षुः सतो ह्येष रसः ॥4॥

अब अध्यात्म की दृष्टि से मूर्तामूर्त का वर्णन किया जाता है। इस शरीर के भीतर हृदयस्थ आकाशरूप जो प्राण है, इसके सिवा जो कुछ भी है, वह मूर्त है, वह मर्त्य है, वह गतिहीन है, वह परिमित है, वह दृश्य है, इस मूर्त, मरणशील, गतिशून्य—परिमित दृश्य तत्त्व का साररूप यह आँख है। दृश्यपदार्थ का सार यही है।

अथामूर्तं प्राणश्च यश्चायमन्तरात्मन्नाकाश एतदमृतमेतद्यदेतत्त्यं तस्यैतस्यामूर्तस्यैतस्यामृतस्यैतस्य यत एतस्य त्यस्यैष रसो योऽयं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषस्तस्य ह्येषः रसः ॥5॥

शरीरस्थ प्राण और अन्तराकाश ही अमूर्त अर्थात् निराकार है, वही अमृत है, वही 'यत्' (गतिशील) है, यही 'त्यत्' (अदृश्य) है। इस अमृत, गतिशील, अदृश्य का रस (सारतत्त्व) दायीं आँख में बसनेवाला पुरुष है। इस निराकार (अविनाशी-गतिशील-व्यापक-अदृश्य) ब्रह्मतत्त्व का सार वही है।

तस्य हैतस्य पुरुषस्य रूपं यथा महारजनं वासो यथा पाण्ड्वाविकं यथेन्द्रगोपो यथाऽग्न्यर्चिर्यथा पुण्डरीकं यथा सकृद्विद्युत्तः सकृद्विद्युत्तेव

ह वा अस्य श्रीर्भवति य एवं वेदाथात आदेशो नेति नेति न ह्येतस्मादिति नेत्यन्यत्परमस्त्यथ नामधेयः सत्यस्य सत्यमिति प्राणा वै सत्यं तेषामेव सत्यम् ॥6॥

इति तृतीयं ब्राह्मणम् ॥

अब उस पुरुष के रूप का वर्णन करते हैं—जैसे हल्दी सदृश किसी पक्के रंग से रँगा हुआ कपड़ा हो, जैसे सफेद ऊन हो, जैसे इन्द्रगोप (वीरबहूटी) हो, मानो अग्नि की ज्वाला हो, श्वेत कमल हो, बिजली की मानो एक चमक हो। जो मनुष्य ऐसा जानता है, उसकी कीर्ति बिजली की एक चमक जैसी होती है। इस ब्रह्म का 'यह नहीं यह नहीं' (न इति न इति) कहकर ही वर्णन किया जा सकता है। अन्य रीति से इसका वर्णन नहीं किया जा सकता। इसका नाम 'सत्य का सत्य' है। प्राण (इन्द्रियाँ) सत्य हैं। इसका भी यह (ब्रह्म) सत्य है।

(यहाँ तीसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थं ब्राह्मणम्

मैत्रेयीति होवाच याज्ञवल्क्य उद्यास्यन्वा अरेऽहमस्मात्स्थानादस्मि हन्त तेऽनया कात्यायन्यान्तं करवाणीति ॥1॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे मैत्रेयि! मैं तो इस स्थान (गृहस्थाश्रम) से आगे के (संन्यास आश्रम) स्थान में जाना चाहता हूँ। इसलिए (मेरी जो कुछ सम्पत्ति है उसका) इस कात्यायनी के साथ बँटवारा कर दूँ।

सा होवाच मैत्रेयी यन्नु म इयं भगोः सर्वा पृथिवी वित्तेन पूर्णा स्यात्कथं तेनामृता स्यामिति नेति होवाच याज्ञवल्क्यो यथैवोपकरणवतां जीवितं तथैव ते जीवितः स्यात् अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेनेति ॥2॥

मैत्रेयी ने कहा—"हे भगवन्! यदि धन से भरी हुई यह समग्र धरती मुझे मिल जाए, तब मैं अमर हो जाऊँगी क्या?" तब याज्ञवल्क्य बोले—नहीं, जैसा कि बहुत सी साधन-सामग्रियों से सम्पन्न मनुष्यों का जीवन होता है, वैसा ही तब तुम्हारा जीवन होगा। धन से अमर होने की तो आशा भी नहीं की जा सकती।"

सा होवाच मैत्रेयी येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्यां यदेव भगवान्वेद तदेव मे ब्रूहीति ॥3॥

मैत्रेयी ने कहा—"हे भगवन्! जिससे मैं अमर नहीं हो सकती, उसे लेकर मैं क्या करूँ? अमरत्व के विषय में आप जो कुछ भी जानते हों, वही मुझे बताइए।"

स होवाच याज्ञवल्क्यः प्रिया बतारे नः सती प्रियं भाषस एह्यास्स्व व्याख्यास्यामि ते व्याचक्षाणस्य तु मे निदिध्यासस्वेति ॥4॥

फिर ऋषि याज्ञवल्क्य ने कहा—"धन्य हो मैत्रेयी! पहले भी तुम हमारी प्यारी होकर रही हो। और अब भी मुझे अनुकूल (प्रिय) ही बोल रही हो। आओ, बैठो मैं तुम्हें आत्मज्ञान का उपदेश दूँगा। मेरे बोले हुए वाक्यों का ध्यान से चिन्तन करो।"

स होवाच न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति न वा अरे पुत्राणां कामाय पुत्राः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय पुत्राः प्रिया भवन्ति न वा अरे वित्तस्य कामाय वित्तं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय वित्तं प्रियं भवति न वा अरे ब्रह्मणः कामाय ब्रह्म प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय ब्रह्म प्रियं भवति न वा अरे क्षत्रस्य कामाय क्षत्रं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय क्षत्रं प्रियं भवति न वा अरे लोकानां कामाय लोकाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय लोकाः प्रिया भवन्ति न वा अरे देवानां कामाय देवाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय देवाः प्रिया भवन्ति न वा अरे भूतानां कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्त्यात्मनस्तु कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्ति न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोत्रव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदꣳ सर्वं विदितम् ॥5॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"अरे मैत्रेयी ! पति की इच्छा के लिए पति प्रिय नहीं होता, किन्तु आत्मा की (स्व की) कामना के लिए पति प्रिय होता है। अरे ! पत्नी कहीं पत्नी की कामना के लिए प्रिय नहीं होती, पर आत्मा की कामना के लिए प्रिय होती है। अरे ! पुत्रों की कामना (फल) के लिए पुत्र प्यारे नहीं लगते, आत्मा की कामना के लिए ही तो पुत्र प्यारे लगते हैं। अरे ! धन के फल के लिए धन अच्छा नहीं लगता, आत्मा (स्व) की इच्छा के लिए ही धन अच्छा लगता है। अरे, ब्राह्मण के फल के लिए ब्राह्मण प्रिय नहीं लगता, आत्मा की कामना के लिए ही ब्राह्मण प्रिय लगता है। अरे ! क्षत्रिय (भी) क्षत्रिय की कामना के लिए प्रिय नहीं लगता, आत्मा की कामना के लिए ही वह प्रिय लगता है। अरे ! ये सारे लोग भी उन लोगों के लिए प्रिय नहीं लगते किन्तु आत्मा की कामना के लिए ही ये सब प्रिय लगते हैं। अरे ! ये देव भी देवों की कामना के लिए प्रिय नहीं लगते, आत्मा की कामना के लिए यही देव प्रिय लगते हैं। अरे ! प्राणी भी प्राणियों की कामना के लिए प्रिय नहीं लगते, आत्मा की कामना के लिए प्रिय लगते हैं। अरे ! जो कुछ भी वस्तुएँ हमें प्यारी लगती हैं, वह उन वस्तुओं के फल के लिए नहीं, अपितु अपने आत्मा की कामना के लिए ही प्यारी लगती हैं। अरे ! वह आत्मा देखने लायक है, उसको सुनना चाहिए, उसका चिन्तन करना चाहिए, उसका ध्यान करना चाहिए। हे मैत्रेयी ! इस आत्मा को देखने से, उसका श्रवण करने से, उसके मनन से, उसके ध्यान से सब कुछ जाना जा सकता है।

ब्रह्म तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनो ब्रह्म वेद क्षत्रं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः क्षत्रं वेद लोकास्तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो लोकान्वेद देवास्तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो देवान्वेद भूतानि तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनो भूतानि वेद सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः सर्वं वेदेदं ब्रह्मेदं क्षत्रमिमे लोका इमे देवा इमानि भूतानीदꣳ सर्वं यदयमात्मा ॥6॥

जो मनुष्य ब्राह्मण या ज्ञान को आत्मा से भिन्न मानता है, उसका ब्राह्मण या ज्ञान उसका त्याग कर देता है, जो कोई क्षत्रिय या बल को आत्मा से अलग मानता है तो क्षत्रिय या बल उसे छोड़ देते

हैं, जो कोई इन लोकों को आत्मा से भिन्न मानता है तो लोक भी उसका त्याग कर देते हैं। जो देवों को आत्मा से अलग मानता है तो देव उसे छोड़ देते हैं। जो कोई प्राणियों को आत्मा से अलग मानता है तो प्राणी भी उसको छोड़ देते हैं। जो मनुष्य इस सबको आत्मा से अलग ही मानता है, तो वे सब भी उसे छोड़ ही देते हैं। अतः ये ब्राह्मण (ज्ञान), ये क्षत्रिय (बल), यह जगत्, ये देव, ये प्राणी—यह जो कुछ भी है, सब आत्मा ही है।

स यथा दुन्दुभेर्हन्यमानस्य न बाह्याञ्शब्दाञ्शक्नुयाद् ग्रहणाय दुन्दुभेस्तु ग्रहणेन दुन्दुभ्याघातस्य वा शब्दो गृहीतः ॥7॥

उदाहरणार्थ—जब ढोल पीटा जाता है, तब बाहर के लोग उसकी आवाजों को पकड़ नहीं सकते। परन्तु ढोल को या ढोल बजाने की क्रिया को पकड़ने से ही आवाजें पकड़ी जा सकती हैं। (उसी प्रकार आत्मा को आत्मचेतना से प्राप्त किया जा सकता है अर्थात् सामान्य छोड़ देने से विशेष पकड़ा नहीं जा सकता, विशेष को पकड़ने के लिए सामान्य का ग्रहण भी करना ही चाहिए।)

स यथा शङ्खस्य ध्मायमानस्य न बाह्याञ्शब्दाञ्शक्नुयाद्ग्रहणाय शङ्खस्य तु ग्रहणेन शङ्खध्मस्य वा शब्दो गृहीतः ॥8॥

शंख के फूँके जाने पर बाहर के लोग उसकी आवाज को पकड़ नहीं सकते। परन्तु शंख को या शंख फूँकने की क्रिया को पकड़ लेने से शंख की आवाज को पकड़ा जा सकता है, वैसे ही इस आत्मा का स्वरूप समझना चाहिए।

स यथा वीणायै वाद्यमानायै न बाह्याञ्शब्दाञ्शक्नुयाद्ग्रहणाय वीणायै तु ग्रहणेन वीणावादस्य वा शब्दो गृहीतः ॥9॥

जिस तरह वीणा के बजाए जाने पर बाहर के लोग उसकी आवाजों को नहीं पकड़ पाते, किन्तु, वीणा को या वीणा बजाने की क्रिया को पकड़ने से वे आवाजें पकड़ी जा सकती हैं, वैसे ही इस आत्मा का स्वरूप समझना चाहिए।

स यथार्द्रैधाग्नेरभ्याहितात्पृथग्धूमा विनिश्चरन्त्येवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानान्यस्यैवैतानि सर्वाणि निःश्वसितानि ॥10॥

जैसे भीगी लकड़ियों से जलाई गई अग्नि में से तरह-तरह का धुआँ निकलता है, वैसे ही ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, विद्याएँ (उपासना प्रक्रियाएँ), उपनिषदें, श्लोक, सूत्र, मंत्रविवरण, अर्थवाद—ये सब इस महान् तत्त्व (आत्मा) के निःश्वासरूप ही हैं।

स यथा सर्वासामपाꣳ समुद्र एकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ स्पर्शानां त्वगेकायनमेवꣳ सर्वेषां गन्धानां नासिके एकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ रसानां जिह्वैकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ रूपाणां चक्षुरेकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ शब्दानाꣳ श्रोत्रमेकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ संकल्पानां मन एकायनमेवꣳ सर्वासां विद्यानाꣳ हृदयमेकायनमेवꣳ सर्वेषां कर्मणाꣳ हस्तावेकायनमेवꣳ सर्वेषामानन्दानामुपस्थ एकायनमेवꣳ सर्वेषां विसर्गानां पायुरेकायनमेवꣳ सर्वेषामध्वनां पादावेकायनमेवꣳ सर्वेषांꣳ वेदानां वागेकायनम् ॥11॥

जैसे सभी जलों का एक गमन-स्थान सागर है, सब स्पर्शों का एक गमन-स्थान त्वक् (त्वचा) है, वैसे सभी गन्धों का एकाश्रय नासिकाएँ हैं, वैसे सभी रसों का एकाश्रय जीभ है, वैसे सब रूपों का एकाश्रय चक्षु ही है, वैसे सभी शब्दों का एकाश्रय श्रोत्र ही है, वैसे सभी संकल्पों का एकाधिकरण मन ही होता है, वैसे सभी विद्याओं का एकाश्रय हृदय ही है, वैसे सभी कर्मों का एकाधार दो हाथ ही हैं, वैसे सभी आनंदों का एकाश्रय जननेन्द्रिय है, वैसे सभी उत्सर्गों का एकायन गुदा है, वैसे सभी मार्गों का एकाश्रय दो पैर ही हैं, और वैसे ही सभी वेदों का एकाश्रय वाणी ही है।

स यथा सैन्धवखिल्य उदके प्रास्त उदकमेवानुविलीयेत न हास्योद्ग्रहणायेव स्याद्यतो यतस्त्वाददीत लवणमेवैवं वा अर इदं महद्भूतमनन्तमपारं विज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्य संज्ञाऽस्तीत्यरे ब्रवीमीति होवाच याज्ञवल्क्यः ॥12॥

"जैसे नमक के डले को पानी में डालने से वह पानी में ही विलीन हो जाता है, उसे पानी में से बाहर निकालने की किसी की ताकत नहीं होती। पानी को जहाँ कहीं से भी लिया जाता है, तो वह खारा ही होता है। इसी तरह हे मैत्रेयी ! यह महद्भूत (परमात्मा) अनन्त, अपार और विज्ञानघन ही है। इन महाभूतों में से (परिच्छिन्न जीव रूप से) वह उत्पन्न होकर फिर उन्हीं में वह (जीव) विलीन हो जाता है। (परिच्छिन्नता - देहादिभाव से) मुक्त होने के बाद, मरने पर ('मेरा है' ऐसा) ज्ञान नहीं रहता।" हे मैत्रेयी ! ऐसा मैं कहता हूँ।

सा होवाच मैत्रेय्यत्रैव मा भगवानमूमुहन्नथ प्रेत्य संज्ञास्तीति स होवाच याज्ञवल्क्यो न वा अरेऽहं मोहं ब्रवीम्यलं वा अर इदं विज्ञानाय ॥13॥

मैत्रेयी ने कहा—"मरने के बाद, ('यह मेरा है' ऐसा) ज्ञान नहीं रहता—ऐसा कहकर तो आप भगवन् ने मुझे उलझन में ही डाल दिया।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"अरे ! मैं तुम्हें उलझन में नहीं डाल रहा हूँ। इतना ही ज्ञान (कि मरने के बाद ज्ञानियों को विशेष ज्ञान नहीं होता) तुम्हारे लिए पर्याप्त है।

यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं जिघ्रति तदितर इतरं पश्यति तदितर इतरꣳ शृणोति तदितर इतरमभिवदति तदितर इतरं मनुते तदितर इतरं विजानाति यत्र वा अस्य सर्वमात्मैवाभूत् तत्केन कं जिघ्रेत्तत्केन कं पश्येत्तत्केन कꣳ शृणुयात्तत्केन कमभिवदेत्तत् केन कं मन्वीत तत्केन कं विजानीयाद्येनेदꣳ सर्वं विजानाति तं केन विजानीयाद्विज्ञातारमरे केन विजानीयादिति ॥14॥

इति चतुर्थं ब्राह्मणम् ॥

जहाँ (अविद्यावस्था में) द्वैत जैसा हो वहीं एक-दूसरे को सूँघता है, वहीं एक-दूसरे को देखता है, वहीं एक-दूसरे को सुनता है, वहीं एक-दूसरे से बोलता है, वहीं एक-दूसरे से विचार करता है, वहीं एक-दूसरे को जानता है। परन्तु, जहाँ इस (ज्ञानी) के लिए सब कुछ आत्मा ही हो गया हो, वहाँ भला कौन किसके द्वारा किसको सूँघेगा ? कौन किसके द्वारा किसे देखेगा ? कौन किसके द्वारा किसे सुनेगा ? कौन किसके द्वारा किसे बोलेगा ? कौन किसके द्वारा किसका विचार करेगा ? कौन किसके द्वारा किसे जानेगा ? जिसके द्वारा मनुष्य इस सबको जानता है उसे किसके द्वारा जाना जा सकता है ? विज्ञाता को कैसे जाना जा सकता है भला ?

(यहाँ चौथा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमं ब्राह्मणम्

इयं पृथिवी सर्वेषां भूतानां मध्वस्यै पृथिव्यै सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्यां पृथिव्यां तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मꣳ शारीरस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥1॥

यह पृथ्वी सब भूतों का मधु है, और सभी भूत पृथ्वी का मधु है। इस पृथ्वी में जो यह तेजोमय अमृतमय पुरुष है, और जो अध्यात्म, शरीरस्थ, तेजोमय अमृतमय पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है। (अर्थात् पृथ्वीस्थ चेतन ही शरीस्थ चेतन है, पृथ्वीस्थ चेतन शरीरस्थ चेतन का और शरीरस्थ चेतन पृथ्वीस्थ चेतना का मधु (सारतत्त्व) है।

इमा आपः सर्वेषां भूतानां मध्वासामपाꣳ सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमास्वप्सु तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मꣳ रैतसस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥2॥

यह जल सब प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी जल का मधु हैं। उसी प्रकार जल में जो तेजोमय अमृत पुरुष बसता है, और शरीरस्थ वीर्यरूप जो तेजोमय पुरुष बसता है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सबकुछ है।

अयमग्निः सर्वेषां भूतानां मध्वस्याग्नेः सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्मिन्नग्नौ तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं वाङ्मयस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥3॥

यह अग्नि सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी अग्नि का मधु हैं। इस प्रकार अग्नि में जो तेजोमय अमृत पुरुष रहता है और शरीर में जो वाणी के रूप में तेजोमय अमृत पुरुष रहता है वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य वायोः सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्मिन्वायौ तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं प्राणस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥4॥

यह वायु सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी वायु का मधु है। इस प्रकार वायु में जो तेजोमय अमृत पुरुष है, और शरीर में जो प्राणरूप तेजोमय अमृत पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

अयमादित्यः सर्वेषां भूतानां मध्वस्यादित्यस्य सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्मिन्नादित्ये तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं चाक्षुषस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥5॥

यह आदित्य सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी आदित्य का मधु है। इस प्रकार आदित्य में जो तेजोमय अमृतरूप पुरुष है और जो शरीर में चक्षुरूप तेजोमय अमृत पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

इमा दिशः सर्वेषां भूतानां मध्वासां दिशाꣳ सर्वाणि भूतानि मधु यश्चाय-मासु दिक्षु तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मꣳ श्रौत्रः प्रातिश्रुत्क-स्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥6॥

ये दिशाएँ सब प्राणियों का मधु हैं और सभी प्राणी दिशाओं का मधु है। इस प्रकार दिशाओं में जो तेजोमय अमृतरूप पुरुष है और जो शरीर में श्रोत्रस्थ सर्वश्रवणक्रियाओं में उपस्थित जो तेजोमय अमृतरूप पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

अयं चन्द्रः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य चन्द्रस्य सर्वाणि भूतानि मधु यश्चाय-मस्मिꣳश्चन्द्रे तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं मानसस्तेजो-मयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥7॥

यह चन्द्र सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी चन्द्र का मधु है। इस चन्द्र में जो तेजोमय अमृतरूप पुरुष है और इस शरीर में जो मानसरूप तेजोमय अमृतरूप पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

इयं विद्युत्सर्वेषां भूतानां मध्वस्यै विद्युतः सर्वाणि भूतानि मधु यश्चाय-मस्यां विद्युति तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं तैजसस्तेजोम-योऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥8॥

यह विद्युत् सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी विद्युत का मधु है। इस प्रकार इस विद्युत् में जो तेजोमय अमृतरूप पुरुष रहता है और इस शरीर में त्वचा में रहनेवाला जो तेजोमय और अमृतमय पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

अयं स्तनयित्नुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य स्तनयित्नोः सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्मिन्स्तनयित्नौ तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मꣳ शाब्दः सौवरस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥9॥

यह बादलों की गड़गड़ाहट सभी प्राणियों का मधु है और सभी प्राणी बादलों की गड़गड़ाहट का मधु है। इस प्रकार इस गड़गड़ाहट में जो तेजोमय अमृतमय पुरुष है और जो इस शरीर में आवाज और सुर के स्वरूप में तेजोमय और अमृतमय पुरुष है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है और वही सब कुछ है।

अयमाकाशः सर्वेषां भूतानां मध्वस्याकाशस्य सर्वाणि भूतानि मधु यश्चायमस्मिन्नाकाशे तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मꣳ हृद्या-काशस्तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥10॥

यह आकाश सब प्राणियों का मधु है और सभी प्राणी आकाश का मधु है। इस प्रकार इस आकाश में जो यह तेजोमय और अमृतमय पुरुष रहता है और शरीर में जो हृदय के आकाश के रूप में तेजोमय और अमृतमय पुरुष है वही आत्मा है, यही अमृत है, यही ब्रह्म है, यही सब कुछ है।

अयं धर्मः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य धर्मस्य सर्वाणि भूतानि मधु यश्चाय-मस्मिन्धर्मे तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमध्यात्मं धर्मस्तेजोमयो-ऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदमृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥11॥

यह धर्म सभी प्राणियों का मधु है, और ये सभी प्राणी धर्म का मधु हैं। इस प्रकार इस धर्म में जो तेजोमय अमृतमय पुरुष रहता है और जो इस शरीर में धर्मनीति सम्बन्धी जो तेजोमय और अमृतरूप पुरुष रहता है, वही आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है और वही सब कुछ है।

इदꣳ सत्यꣳ सर्वेषां भूतानां मध्वस्य सत्यस्य सर्वाणि भूतानि मधु यश्चा-ऽयमस्मिन्सत्ये तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चाऽयमध्यात्मꣳ सत्यस्तेजो-मयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥12॥

यह सत्य ही सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी सत्य का मधु हैं। इस प्रकार इस सत्य में जो यह तेजोमय और अमृतमय पुरुष रहता है और शरीर में जो सत्यमय (सच्चाई के रूप में), तेजोमय और अमृतमय पुरुष रहता है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

इदं मानुषꣳ सर्वेषां भूतानां मध्वस्य मानुष्यस्य सर्वाणि भूतानि मधु यश्चाऽयमस्मिन्मानुषे तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषः यश्चायमध्यात्मं मानुष-तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥13॥

यह मनुष्य जाति सभी प्राणियों का मधु है और ये सभी प्राणी मनुष्य जाति का मधु है। इस प्रकार जो इस मनुष्य जाति में तेजोमय अमृतरूप पुरुष रहता है और इस शरीर में जो मानवता के रूप में तेजोमय और अमृतरूप पुरुष रहता है, वही यह आत्मा है, यही अमृत है, यही ब्रह्म है और यही सब कुछ है।

अयमात्मा सर्वेषां भूतानां मध्वस्यात्मनः सर्वाणि भूतानि मधु यश्चाय-मस्मिन्नात्मनि तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषो यश्चायमात्मा तेजोमयोऽमृतमयः पुरुषोऽयमेव स योऽयमात्मेदममृतमिदं ब्रह्मेदꣳ सर्वम् ॥14॥

यह आत्मा सभी प्राणियों का मधु है और सभी प्राणी आत्मा का मधु है। इस प्रकार इस आत्मा में तेजस्वी और अमृतरूप पुरुष रहता है और इस शरीर में भी जो तेजोमय अमृतरूप पुरुष रहता है, वही यह आत्मा है, वही अमृत है, वही ब्रह्म है, वही सब कुछ है।

स वा अयमात्मा सर्वेषां भूतानामधिपतिः सर्वेषां भूतानाꣳ राजा तद्यथा रथनाभौ च रथनेमौ चाराः सर्वे समर्पिता एवमेवास्मिन्नात्मनि सर्वाणि भूतानि सर्वे देवाः सर्वे लोकाः सर्वे प्राणाः सर्व एत आत्मानः समर्पिताः ॥15॥

यह आत्मा सभी प्राणियों का अधिपति है, सभी प्राणियों का राजा है। जैसे रथ के पहियों की नाभि में तथा उसके परिघ में सभी अरे जड़े हुए होते हैं, उसी प्रकार इस आत्मा में सभी प्राणी, सभी देव, सब लोक, सब प्राण और सभी आत्मा समर्पित (अनुस्यूत) ही हैं।

इदं वै तन्मधु दध्यङ्ङाथर्वणोऽश्विभ्यामुवाच तदेतदृषिः पश्यन्नवोचत्।

तद्वां नरा सनये दꣳस उग्रमाविष्कृणोमि तन्यतुर्न वृष्टिम् । दध्यङ् ह यन्मध्वाथर्वणो वामश्वस्य शीर्ष्णा प्रयदीमुवाचेति ॥16॥

दध्यङ् नाम के आथर्वण ने इस मधु (आत्मविद्या) को अश्विनीकुमारों से कहा। तब कोई एक ऋषि इस मधु को देखकर बोल उठे—"जैसे बादल बरसात को प्रकट करते हैं, वैसे ही हे नररूपधारी अश्विनो ! तुम्हारे उस क्रूरकर्म को मैं प्रकट करता हूँ कि तुमने अपने लाभ के लिए दध्यङ् के मस्तक को उतार कर उसकी जगह पर एक घोड़े का मस्तक जोड़ दिया है।

इदं वै तन्मधु दध्यङ्ङाथर्वणोऽश्विभ्यामुवाच तदेतदृषिः पश्यन्नवोचदत् । आथर्वणायाश्विना दधीचेऽश्व्यꣳ शिरः प्रत्यैरयतम् । स वां मधु प्रवोचदृतायन्त्वाष्ट्रं यद्दस्रावपि कक्ष्यं वामिति ॥17॥

यह मधुविद्या अथर्वण के पुत्र दध्यङ् ने अश्विनीकुमारों से कही। उसको देखकर एक मंत्रद्रष्टा ऋषि बोल उठे—"हे अश्विनीकुमारो ! अथर्वण के पुत्र दध्यङ् के लिए तुम लोगों ने (उनके सर को उतार कर) घोड़े का मस्तक जोड़ दिया। तब भी तो दध्यङ् ने अपना वचन सत्य करने के लिए तुम्हें यह त्वाष्ट्र (सूर्य सम्बन्धी) मधुविद्या का उपदेश दिया। हे शत्रु को मारनेवालो ! और जिन्होंने उसके साथ-ही-साथ जो कक्ष्य (गोपनीय) मधुविद्या है, उसका भी उपदेश कर दिया।

(यहाँ उल्लेखनीय है कि सर्वप्रथम इन्द्र ने दध्यङ् को मधुविद्या सिखाते समय यह शर्त रखी थी कि इसे दूसरे किसी से कहने पर तुम्हारा सर कट जाएगा। अश्विनीकुमारों ने उस विद्या को पाने के लिए दध्यङ् का सर उतार कर पहले सुरक्षित रख दिया और उसके स्थान पर घोड़े का सर जोड़कर उस मुख से विद्या सुनी। विद्या सुनने के बाद मानव-मस्तक फिर से धड़ पर जोड़ दिया गया।)

इदं वै तन्मधु दध्यङ्ङाथर्वणोऽश्विभ्यामुवाच तदेतदृषिः पश्यन्नवोचत् । पुरश्चक्रे द्विपदः पुरश्चक्रे चतुष्पदः पुरः स पक्षी भूत्वा पुरःपुरुष आविशदिति । स वा अयं पुरुषः सर्वासु पूर्षु पुरिशयो नैनेन किंचनासंवृतम् ॥18॥

अथर्वण के पुत्र दध्यङ् ने यह मधुविद्या अश्विनीकुमारों से कही। यह देखते हुए एक ऋषि बोल उठे—"उस परमेश्वर ने दो पैरवाले शरीर बनाए, फिर चार पैरवाले शरीर बनाए। उस परमात्मा ने पहले पक्षी का रूप लेकर उन शरीरों में प्रवेश किया। सभी शरीरों में वही पुरुष रहता है, इसीलिए तो वह 'पुरिशय' कहा जाता है। वह पूर्षु (शरीररूपी) पुरों (नगरों) में शेते अर्थात् रहता है। विश्व में कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है, जहाँ वह व्याप्त न हो। उसके द्वारा व्याप्त न हो, ऐसा कुछ भी नहीं है।

इदं वै तन्मधु दध्यङ्ङाथर्वणोऽश्विभ्यामुवाच तदेतदृषिः पश्यन्नवोचद्रूपꣳरूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय । इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ता ह्यस्य हरयः शता दशेत्ययं वै हरयोऽयं वै दश च सहस्राणि बहूनि चानन्तानि च तदेतद्ब्रह्मापूर्वमनपरमनन्तरमबाह्यमयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूरित्यनुशासनम् ॥19॥

इति पञ्चमं ब्राह्मणम् ॥

अथर्वण के पुत्र दध्यङ् ने अश्विनीकुमारों से यह मधुविद्या कही। उसे देखकर एक ऋषि बोल उठे—"इस आत्मा के रूप को प्रकट करने के लिए वह हरएक रूप का प्रतिरूप हो गया। इन्द्र

(परमेश्वर) माया से अनेक रूपवाला देखा जाता है। क्योंकि उसके शरीररूपी रथ में एक सौ दस इन्द्रियरूपी घोड़े जुते हैं। वास्तव में तो यह परमेश्वर स्वयं ही एक सौ दस (अनेक) है, वही सहस्र है, वही अनन्त है, वही अबाह्य है, वही अपूर्व (कारणरहित) है, वही 'अनपर' (कार्यरहित) है, वही 'अनन्तर' (विजातीय भेद से रहित) है, वही अबाह्य है, वही सबका अनुभव करनेवाला है। वही ब्रह्म है, सभी वेदान्तों का यही अनुशासन (उपदेश) है।

(यहाँ पाँचवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

षष्ठं ब्राह्मणम्

अथ वꣳशः पौतिमाष्यो गौपवनाद् गौपवनो पौतिमाष्यात्पौतिमाष्यो गौपवनाद् गौपवनः कौशिकात्कौशिकः कौण्डिन्यात्कौण्डिन्यः शाण्डिल्याच्छाण्डिल्यः कौशिकाच्च गौतमाच्च गौतमः ॥1॥

अब गुरुपरम्परा कहते हैं। यह विद्या पौतिमाष्य ने गौपवन से ली। गौपवन ने पौतिमाष्य से, पौतिभाष्य ने गोपवन से, गोपवन ने कौशिक से, कौशिक ने कौण्डिन्य से, कौण्डिन्य ने शाण्डिल्य से, शाण्डिल्य ने कौशिक और गौतम से प्राप्त की। (और) गौतम ने—

आग्निवेश्यादाग्निवेश्यः शाण्डिल्याच्चानभिम्लाताच्चानभिम्लात आनभिम्लातादानभिम्लात आनभिम्लातादानभिम्लातो गौतमाद् गौतमः सैतवप्राचीनयोग्याभ्याꣳ सैतवप्राचीनयोग्यौ पाराशर्यात्पाराशर्यो भारद्वाजाद्भरद्वाजो भारद्वाजाच्च गौतमाच्च गौतमो भारद्वाजाद्भारद्वाजः पाराशर्यात् पाराशर्यो बैजवापायनाद् बैजवापायनः कौशिकायनेः कौशिकायनिः ॥2॥

आग्निवेश्य से, आग्निवेश्य ने शाण्डिल्य और आनभिम्लात से, आनभिम्लात ने दूसरे आनभिम्लात से, उस आनभिम्लात ने तीसरे आनभिम्लात से, उस तीसरे आनभिम्लात ने गौतम से, गौतम ने सैतव और प्राचीनयोग्य से, सैतव और प्राचीनयोग्य ने पाराशर्य से, पाराशर्य ने भारद्वाज से, भारद्वाज ने दूसरे भारद्वाज और गौतम से, गौतम ने भारद्वाज से, भारद्वाज ने पाराशर्य से, पाराशर्य ने वैजवापायन से, वैजवापायन ने कौशिकायनि से और कौशिकायनि ने—

घृतकौशिकाद्घृतकौशिकः पाराशर्यायणात्पाराशर्यायणः पाराशर्यात् पाराशर्यो जातूकर्ण्याज्जातूकर्ण्य आसुरायणाच्च यास्काच्चासुरायणस्त्रैवणेस्त्रैवणिरौपजन्धनेरौपजन्धनिरासुरेरासुरिर्भारद्वाजाद्भारद्वाज आत्रेयादात्रेयो माण्टेर्माण्टिर्गौतमाद्गौतमो गौतमाद्गौतमो वात्स्याद्वात्स्यः शाण्डिल्याच्छाण्डिल्यः कैशोर्यात्काप्यात्कैशोर्यः काप्यः कुमारहारितात्कुमारहारितो गालवाद्गालवो विदर्भीकौण्डिन्याद्विदर्भीकौण्डिन्यो वत्सनपातो बाभ्रवाद्वत्सनपाद्बाभ्रवः पथः सौभरात्पन्थाः सौभरोऽयास्यादाङ्गिरसादयास्य आङ्गिरस आभूतेस्त्वाष्ट्रादाभूतिस्त्वाष्ट्रो विश्वरूपात्त्वाष्ट्राद्विश्वरूपस्त्वाष्ट्रोऽश्विभ्यामश्विनौ दधीच आथर्वणाद्दध्यङ्ङाथर्वणोऽथर्वणो दैवादथर्वा दैवो मृत्योः प्राध्वꣳसनान्मृत्युः प्राध्वꣳसनः

प्रध्वꣳसनात्प्रध्वꣳसन एकर्षेरेकर्षिर्विप्रचित्तेर्विप्रचित्तिर्व्यष्टेर्व्यष्टिः सनारोः सनारुः सनातनात्सनातनः सनगात्सनगः परमेष्ठिनः परमेष्ठी ब्रह्मणो ब्रह्म स्वयंभु ब्रह्मणे नमः ॥3॥

इति षष्ठं ब्राह्मणम् ॥

इति बृहदारण्यकोपनिषदि द्वितीयोऽध्यायः ॥2॥

घृतकौशिक से, घृतकौशिक ने पाराशर्यायण से, पाराशर्यायण ने पाराशर्य से, पाराशर्य ने जातूकर्ण्य से, जातूकर्ण्य ने आसुरायण और यास्क से, आसुरायण ने त्रैवणि से, त्रैवणि ने औपजन्धनि से, औपजन्धनि ने आसुरि से, आसुरि ने भारद्वाज से, भारद्वाज ने आत्रेय से, आत्रेय ने माण्टि से, माण्टि ने गौतम से, गौतम ने दूसरे गौतम से, दूसरे गौतम ने वात्स्य से, वात्स्य ने शाण्डिल्य से, शाण्डिल्य ने कैशोर्य काप्य से, कैशोर्य काप्य ने कुमारहारित से, कुमारहारित ने गालव से, गालव ने विदर्भी कौण्डिन्य से, विदर्भी कौण्डिन्य ने वत्सनपात् बाभ्रव से, वत्सनपात् बाभ्रव ने पन्थासौभर से, पन्थासौभर ने अयास्य आंगिरस से, अयास्य आंगिरस ने आभूति त्वाष्ट्र से, आभूति त्वाष्ट्र ने विश्वरूप त्वाष्ट्र से, विश्वरूप त्वाष्ट्र ने दोनों अश्विनों से, दोनों अश्विनों ने दध्यङ् आथर्वण से, दध्यङ् आथर्वण ने अथर्वा दैव से, अथर्वा दैव ने मृत्युध्वंसन से, मृत्युध्वंसन ने प्रध्वंसन से, प्रध्वंसन ने एकर्षि से, एकर्षि ने विप्रचित्ति से, विप्रचित्ति ने व्यष्टि से, व्यष्टि ने सनारु से, सनारु ने सनातन से, सनातन ने सनग से, सनग ने परमेष्ठी से, परमेष्ठी ने ब्रह्म से यह विद्या प्राप्त की। ब्रह्मा स्वयंभू है। उस ब्रह्मा को नमस्कार।

(यहाँ छठा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

यहाँ बृहदारण्यकोपनिषद् का दूसरा अध्याय समाप्त होता है।

❋

अथ तृतीयोऽध्यायः

प्रथमं ब्राह्मणम्

ॐ जनको ह वैदेहो बहुदक्षिणेन यज्ञेनेजे तत्र ह कुरुपञ्चालानां ब्राह्मणा अभिसमेता बभूवुस्तस्य ह जनकस्य वैदेहस्य विजिज्ञासा बभूव कःस्विदेषां ब्राह्मणानामनूचानतम इति स ह गवाꣳ सहस्रमवरुरोध दश दश पादा एकैकस्याः शृङ्गयोराबद्धा बभूवुः ॥1॥

विदेह देश के राजा जनक ने बहुत दक्षिणावाले यज्ञ से यजन किया। वहाँ कुरुपांचाल देश के ब्राह्मण आ मिले थे। उस विदेही जनक को यह जानने की इच्छा हुई कि इन ब्राह्मणों में सबसे अधिक विद्वान् ब्राह्मण कौन होगा भला ? उसने एक हजार गायें एकत्र की और प्रत्येक गाय के दोनों सींगों में दस-दस पाद (भरी) सोना बाँध दिया।

तान्होवाच ब्राह्मणा भगवन्तो यो वो ब्रह्मिष्ठः स एता गा उदजतामिति ते ह ब्राह्मणा न दधृषुरथ ह याज्ञवल्क्यः स्वयमेव ब्रह्मचारिणमुवाचैताः सोम्योदज सामश्रवा 3 इति ता होदांचकार ते ह ब्राह्मणाश्चुक्रुधुः कथं नो ब्रह्मिष्ठो ब्रुवीतेत्यथ ह जनकस्य वैदेहस्य होताश्वलो बभूव स हैनं पप्रच्छ त्वं नु खलु नो याज्ञवल्क्य ब्रह्मिष्ठोऽसी 3 इति स होवाच नमो वयं ब्रह्मिष्ठाय कुर्मो गोकामा एव वयꣳ स्म इति तꣳ ह तत एव प्रष्टुं दध्रे होताश्वलः ॥2॥

फिर जनक ने ब्राह्मणों से कहा—"हे पूज्य ब्राह्मणो ! आपमें से जिसको ब्रह्म का अच्छे से अच्छा ज्ञान हो, वह ब्रह्मिष्ठ ब्राह्मण इन गायों को ले जाए।" परन्तु वे ब्राह्मण (गायें ले जाने का) साहस न कर पाए। तब याज्ञवल्क्य ने अपने ही एक ब्रह्मचारी से कहा—"अरे सोम्य सामश्रवा ! इन्हें तुम (हमारे निमित्त) ले जाओ।" तब वह ब्रह्मचारी उनको (याज्ञवल्क्य के घर पर) लेकर चलने लगा। इससे दूसरे ब्राह्मण क्रुद्ध हो गए कि "हमारे आगे उसने अपने को सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मनिष्ठ कैसे समझ लिया ? तदनन्तर जनकविदेह का होता अश्वल था, उसने उनसे (याज्ञवल्क्य से) पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! हम सबमें क्या तुम्हीं सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मवेत्ता हो ?" तब उन्होंने (याज्ञवल्क्य ने) कहा कि—"सबसे बड़े ब्रह्मज्ञानी को तो हम नमस्कार करते हैं। हम तो केवल गायों की आकांक्षा करनेवाले हैं।" तब अश्वल ने याज्ञवल्क्य से प्रश्न पूछने का निश्चय किया।

याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदꣳ सर्वं मृत्युनाप्तꣳ सर्वं मृत्युनाभिपन्नं केन यजमानो मृत्योराप्तिमतिमुच्यत इति होत्रार्त्विजाग्निना वाचा वाग्वै यज्ञस्य होता तद्येयं वाक् सोऽयमग्निः स होता स मुक्तिः सातिमुक्तिः ॥3॥

अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! यह सब जो मृत्यु से व्याप्त है, मृत्यु के वश में ही रखा गया है। तब किस साधन के द्वारा यजमान मृत्यु की व्याप्ति का अतिक्रमण करके मुक्त हो जाता है ?" (तब याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया कि—) "होता नामक ऋत्विज के द्वारा ही (मृत्यु का अतिक्रमण किया जाता है।) क्योंकि होता वाक् और अग्निरूप है। वह मृत्यु को पार कर सकता है। वही मुक्ति और अतिमुक्ति है।

याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदꣳ सर्वमहोरात्राभ्यामाप्तꣳ सर्वमहोरात्राभ्यामभिपन्नं केन यजमानोऽहोरात्रयोराप्तिमतिमुच्यत इत्यध्वर्युर्णर्त्विजा चक्षुषादित्येन चक्षुर्वै यज्ञस्याध्वर्युस्तद्यदिदं चक्षुः सोऽसावादित्यः सोऽध्वर्युः स मुक्तिः सातिमुक्तिः ॥4॥

अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! यह जो सब कुछ है, वह रात-दिन के वश में ही है। तो इन रात और दिन से यजमान किससे मुक्त हो सकता है ?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया—"अध्वर्यु नाम के ऋत्विज से तथा आँखरूपी सूर्य से (वह मुक्त हो सकता है), क्योंकि—आँख ही यज्ञ का अध्वर्यु है, और आँख सूर्य का ही दूसरा रूप है और सूर्य ही अध्वर्यु है। वही मुक्ति और अतिमुक्ति है।"

याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदꣳ सर्वं पूर्वपक्षापरपक्षाभ्यामाप्तꣳ सर्वं पूर्वपक्षापरपक्षाभ्यामभिपन्नं केन यजमानः पूर्वपक्षापरपक्षयोराप्तिमतिमुच्यत इत्युद्गात्रर्त्विजा वायुना प्राणेन प्राणो वै यज्ञस्योद्गाता तद्योऽयं प्राणः स वायुः स उद्गाता स मुक्तिः सातिमुक्तिः ॥5॥

अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! यह जो सब कुछ है, वह पूर्व पक्ष और अपरपक्ष (शुक्ल पक्ष और कृष्णपक्ष) से ही व्याप्त है। तो यजमान किससे इन पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष के घेरे से मुक्त हो सकता है ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा कि—"उद्गाता नामक ऋत्विज् के द्वारा और प्राण के द्वारा ऐसा हो सकता है। क्योंकि जो प्राण है वह वायु है, और जो वायु है वही उद्गाता का रूप है। वही मुक्ति है और अतिमुक्ति है।"

याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदमन्तरिक्षमनारम्बणमिव केनाक्रमेण यजमानः स्वर्गं लोकमाक्रमत इति ब्रह्मणर्त्विजा मनसा चन्द्रेण मनो वै यज्ञस्य ब्रह्मा तद्यदिदं मनः सौऽसौ चन्द्रः स ब्रह्मा स मुक्तिः साऽतिमुक्तिरित्यतिमोक्षा अथ सम्पदः ॥6॥

अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! यह जो आकाश है, वह तो आधाररहित है, तब यज्ञ करनेवाला यजमान किस आधार से सीढ़ी से चढ़कर स्वर्ग में पहुँच सकता है ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"ब्रह्मा नामक ऋत्विज् से और मन से तथा चन्द्र से ऐसा हो सकता है, क्योंकि मन ही यज्ञ का ब्रह्मा है, और जो मन है वही चन्द्र है और वही ब्रह्मा है। वह मुक्ति है, और अतिमुक्ति है"। अब सम्पद का निरूपण करते हैं।

याज्ञवल्क्येति होवाच कतिभिरमद्यर्ग्भिर्होतास्मिन्यज्ञे करिष्यतीति तिसृभिरिति कतमास्तास्तिस्र इति पुरोऽनुवाक्या च याज्या च शस्यैव तृतीया किं ताभिर्जयतीति यत्किंचेदं प्राणभृदिति ॥7॥

अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! आज इस यज्ञ में होता कितनी (कितने प्रकार की) ऋचाओं से स्तुति करेगा ?" याज्ञवल्क्य बोले—"तीन प्रकार की ऋचाओं से।" अश्वल बोला—"कौन-कौन-सी हैं वे ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"1. पुरोनुवाक्या, 2. याजा और 3. शस्या।" तब अश्वल ने पूछा—"उनसे वह किसको जीतता है अर्थात् क्या प्राप्त करता है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"जो कुछ प्राणियों का समुदाय है, उस सबको वह जीत लेता है।"

(पुरोनुवाक्या = यज्ञ से पहले बोली जानेवाली ऋचाएँ। याज्या = यज्ञ के समय बोली जानेवाली ऋचाएँ। शस्या = यज्ञ के बाद बोली जानेवाली स्तुतिपरक ऋचाएँ)

याज्ञवल्क्येति होवाच कत्ययमद्याध्वर्युरस्मिन्यज्ञ आहुतीर्होष्यतीति तिस्र इति कतमास्तास्तिस्र इति या हुता उज्ज्वलन्ति या हुता अतिनेदन्ते या हुता अधिशेरते किं ताभिर्जयतीति या हुता उज्ज्वलन्ति देवलोकमेव ताभिर्जयति दीप्यत इव हि देवलोको या हुता अतिनेदन्ते पितृलोकमेव ताभिर्जयत्यतीव हि पितृलोको या हुता अधिशेरते मनुष्यलोकमेव ताभिर्जयत्यध इव हि मनुष्यलोकः ॥8॥

अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! आज यह अध्वर्यु इस यज्ञ में कितने प्रकार की आहुतियों से होम करेगा ?" याज्ञवल्क्य बोले—"तीन प्रकार की।" अश्वल ने कहा—"कौन-कौन से प्रकार की ?" याज्ञवल्क्य ने कहा— "(एक वे हैं) जिनका होम करने से अग्नि प्रज्वलित हो उठती है ऐसी घृत, लकड़ी आदि की; (दूसरी वे हैं) जिनका होम करने से अग्नि में आवाज होती है, ऐसी मांसादि की और (तीसरी वे हैं) जिनका होम करने से हव्यपदार्थ नीचे बैठ जाते हैं, ऐसी दूध-घी आदि की हैं।" तब अश्वल ने पूछा—"उन आहुतियों से वह (यज्ञकर्ता) क्या प्राप्त करता है ?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया कि—जिन आहुतियों को अग्नि में डालने से अग्नि प्रज्वलित हो उठती है, उनसे वह (यज्ञकर्ता) देवलोक को प्राप्त करता है, क्योंकि देवलोक मानो प्रकाशमय हो, ऐसा लगता है। जिन आहुतियों को अग्नि में डालने से बहुत आवाज होती है, उनसे वह पितृलोक प्राप्त करता है, क्योंकि पितृलोक में बहुत आवाजें हुआ करती हैं। जिन आहुतियों को अग्नि में डालने से आहुतियों के पदार्थ नीचे बैठ जाते हैं, उनसे वह मनुष्यलोक को (पृथ्वी को) प्राप्त करता है, क्योंकि मनुष्य लोक नीचे स्थित है।

याज्ञवल्क्येति होवाच कतिभिरयमद्य ब्रह्मा यज्ञं दक्षिणतो देवताभिर्गोपायतीत्येकयेति कतमा सैकेति मन एवेत्यनन्तं वै मनोऽनन्ता विश्वेदेवा अनन्तमेव स तेन लोकं जयति ॥9॥

अश्वल ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य ! दाईं ओर बैठे हुए यह ब्रह्मा नाम के ऋत्विज आज कितने देवों के द्वारा इस यज्ञ की रक्षा करेंगे ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"एक ही देवता से।" अश्वल ने पूछा—"कौन है वह देवता ?" याज्ञवल्क्य बोले—"मन ही एकमात्र वह है। मन तो अनन्त है। मन के अधिष्ठाता विश्वदेवों का कोई अन्त नहीं है। यह यजमान उस मन के द्वारा अनन्त लोक को प्राप्त करता है।

याज्ञवल्क्येति होवाच कत्ययमद्योद्गाताऽस्मिन्यज्ञे स्तोत्रियाः स्तोष्यतीति तिस्र इति कतमास्तास्तिस्र इति पुरोनुवाक्या च याज्या च शस्यैव तृतीया कतमास्ता या अध्यात्ममिति प्राण एवं पुरोनुवाक्यापानो याज्या व्यानः शस्या किं ताभिर्जयतीति पृथिवीलोकमेव पुरोनुवाक्यया जयत्यन्तरिक्षलोकं याज्यया द्युलोकꣳ शस्यया ततो ह होताश्वल उपरराम ॥10॥

इति प्रथमं ब्राह्मणम् ॥

फिर अश्वल ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! आज इस यज्ञ में उद्गाता कितने प्रकार के स्तोत्र गाएगा ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"तीन प्रकार के स्तोत्र गाएगा।" अश्वल ने पूछा—"ये तीन प्रकार कौन-कौन से हैं ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—(यज्ञ से पहले गाए जाने वाले) पुरानुवाक्या, (यज्ञ के समय गाए जाने वाले) याज्या और (यज्ञ के अन्त में गाए जाने वाले स्तुतिपरिक) शस्या।" अश्वल ने फिर

पूछा—'' अध्यात्मदृष्टि से (शरीर के सम्बन्ध की दृष्टि से) वे स्तोत्र कौन-कौन से हैं ?'' याज्ञवल्क्य ने कहा—''यह प्राणवायु ही यज्ञपूर्व गाया जानेवाला स्तोत्र है, 'अपान' यज्ञ के मध्य में गाया जानेवाला स्तोत्र है और 'व्यान' यज्ञ के बाद गाया जानेवाला स्तुतिपरक स्तोत्र है।'' अश्वल ने फिर पूछा—''इन स्तोत्रों से वह (यज्ञकर्ता) क्या प्राप्त करता है ?'' याज्ञवल्क्य बोले— ''पुरोवाक्या नामक स्तोत्रों से वह पृथ्वीलोक को प्राप्त करता है, याज्या नामक स्तोत्रों से वह अन्तरिक्ष लोक को प्राप्त करता है और शस्या नामक स्तोत्रों से वह द्युलोक (स्वर्गलोक) को प्राप्त करता है।'' बाद में होता शान्त हो गया।

(यहाँ पहला ब्राह्मण पूरा हुआ)

❋

द्वितीयं ब्राह्मणम्

अथ हैनं जारत्कारव आर्तभागः पप्रच्छ याज्ञवल्क्येति होवाच कति ग्रहाः कत्यतिग्रहा इत्यष्टौ ग्रहा अष्टावतिग्रहा इति ये तेऽष्टौ ग्रहा अष्टावतिग्रहाः कतमे त इति ॥1॥

अब उन याज्ञवल्क्य से जारत्कारव आर्तभाग ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! ग्रह कितने हैं और अतिग्रह कितने हैं ?'' याज्ञवल्क्य ने कहा—''आठ ग्रह हैं और आठ अतिग्रह हैं।'' तब आर्तभाग ने फिर पूछा—''ये जो आठ ग्रह और आठ अतिग्रह हैं, वे कौन-कौन से हैं ?

प्राणो वै ग्रहः सोऽपानेनातिग्राहेण गृहीतोऽपानेन हि गन्धाञ्जिघ्रति ॥2॥

तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''प्राणवायु ग्रह है, वह अपानवायुरूपी अतिग्रह के अंकुश में है। क्योंकि अपानवायु से ही वह सूँघता है।

वाग्वै ग्रहः स नाम्नातिग्राहेण गृहीतो वाचा हि नामान्यभिवदति ॥3॥

वाणी ग्रह है, वह नामरूपी अतिग्रह के अंकुश में है, क्योंकि वाणी से ही नाम बोलते हैं।

जिह्वा वै ग्रहः स रसेनातिग्राहेण गृहीतो जिह्वया हि रसान्विजानाति ॥4॥

जीभ ग्रह है, वह रसरूप अतिग्रह के अंकुश में है क्योंकि मनुष्य जीभ से ही रस को जानता है।

चक्षुर्वै ग्रहः स रूपेणातिग्रहेण गृहीतश्चक्षुषा हि रूपाणि पश्यति ॥5॥

आँख ग्रह है, वह रूपात्मक अतिग्रह के अंकुश में है, क्योंकि मनुष्य आँख से ही रूप को देखता है।

श्रोत्रं वै ग्रहः स शब्देनातिग्राहेण गृहीतः श्रोत्रेण हि शब्दाञ्शृणोति ॥6॥

कान ग्रह है,वह शब्दरूपी अतिग्रह के वश में है, क्योंकि मनुष्य कान से ही शब्द सुनता है।

मनो वै ग्रहः स कामेनातिग्राहेण गृहीतो मनसा हि कामान्कामयते ॥7॥

मन ग्रह है और इच्छारूपी अतिग्रह के वश में है क्योंकि मनुष्य मन से ही इच्छा करता है।

हस्तौ वै ग्रहः स कर्मणातिग्राहेण गृहीतो हस्ताभ्याꣳ हि कर्म करोति ॥8॥

दो हाथ ग्रह हैं, वह कर्मरूप अतिग्रह के वश में हैं क्योंकि मनुष्य दो हाथों से ही कर्म करता है।

त्वग्वै ग्रहः स स्पर्शेनातिग्राहेण गृहीतस्त्वचा हि स्पर्शान्वेदयत इत्येतेऽष्टौ ग्रहा अष्टावतिग्रहाः ॥9॥

त्वचा ग्रह है और वह स्पर्शरूप अतिग्रह के वश में है, क्योंकि मनुष्य त्वचा से ही स्पर्श का अनुभव करता है। इस प्रकार ये आठ ग्रह और आठ अतिग्रह हैं।''

याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदꣳ सर्वं मृत्योरन्नं का स्वित्सा देवता यस्या मृत्युरन्नमित्यग्निर्वै मृत्युः सोऽपामन्नमप पुनर्मृत्युं जयति ॥10॥

आर्तभाग ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! यह सब कुछ मृत्यु का अन्न है। तो ऐसा कौन-सा देवता है, जिसकी मृत्यु भी अन्न हो (भक्ष्य हो) ?'' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''अग्नि मृत्यु है, वह जल का अन्न (भक्ष्य) होता है। ऐसा जाननेवाला मनुष्य बार-बार आनेवाली मृत्यु को जीत लेता है।

याज्ञवल्क्येति होवाच यत्रायं पुरुषो म्रियत उदस्मात्प्राणाः क्रामन्त्याहो 3 नेति नेति होवाच याज्ञवल्क्योऽत्रैव समवनीयन्ते स उच्छ्वयत्याध्माय-त्याध्मातो मृतः शेते ॥11॥

आर्तभाग ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! मनुष्य जब यहाँ मर जाता है, तब उसके प्राण शरीर से चले जाते हैं या नहीं ?'' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''नहीं रे ! प्राण चले नहीं जाते, किन्तु यहीं (इस शरीर में ही) लीन हो जाते हैं। (प्राणों को भीतर खींचने से) वह फूल जाता है और यहीं वायु से भरा हुआ और मरा हुआ सुप्त रहता है।

याज्ञवल्क्येति होवाच यत्रायं पुरुषो म्रियते किमेनं न जहातीति नामेत्य-नन्तं वै नामानन्ता विश्वेदेवा अनन्तमेव स तेन लोकं जयति ॥12॥

आर्तभाग ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! जब यहाँ मनुष्य मर जाता है, तब उसे कौन-सी वस्तु छोड़ नहीं जाती ?'' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''नाम उसे नहीं छोड़ता। नाम अनन्त हैं। सब देव अनन्त हैं। इससे वह मनुष्य अनन्त लोक को प्राप्त करता है। (तात्पर्य यह है कि यदि मनुष्य-नाम के अनन्तत्व के अधिकारी विश्वदेवों को वह आत्मभाव से उपासता है, तो वह आनन्त्य के दर्शनद्वारा अनन्तलोक को प्राप्त होता है।)

याज्ञवल्क्येति होवाच यत्रास्य पुरुषस्य मृतस्याग्निं वागप्येति वातं प्राण-श्चक्षुरादित्यं मनश्चन्द्रं दिशः श्रोत्रं पृथिवीꣳ शरीरमाकाशमात्मौषधीर्लो-मानि वनस्पतीन्केशा अप्सु लोहितं च रेतश्च निधीयते क्वाऽयं तदा पुरुषो भवतीत्याहर सोम्य हस्तमार्तभागावामेवैतस्य वेदिष्यावो न नावे-तत् सजन इति तौ होत्क्रम्य मन्त्रयांचक्राते तौ ह यदूचतुः कर्म हैव तदू-चतुरथ यत्प्रशशꣳसतुः कर्म हैव तत्प्रशशꣳसतुः पुण्यो वै पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेनेति ततो ह जारत्कारव आर्तभाग उपरराम ॥13॥

इति द्वितीयं ब्राह्मणम् ॥

आर्तभाग ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! जब यहाँ मरे हुए पुरुष की वाणी अग्नि में लीन हो जाती है, प्राण वायु में लीन हो जाते हैं, चक्षु आदित्य में लीन हो जाता है, मन चन्द्र में लीन हो जाता है, कान दिशाओं में लीन हो जाते हैं, शरीर पृथ्वी में विलीन हो जाता है, आत्मा आकाश में लीन हो जाता है, रोम (रोंगटे) औषधियों में लीन हो जाते हैं, बाल वनस्पतियों में लीन हो जाते हैं, लहू और वीर्य जल में मिल जाते हैं, तब इस पुरुष का क्या होता है ?'' तब याज्ञवल्क्य बोले—''हे सोम्य ! मेरा हाथ पकड़ो। हम दोनों (एकान्त में ही) इसकी चर्चा करेंगे। हम दोनों की यह चर्चा जनसमुदाय के बीच

करनी योग्य नहीं है।'' तब उन दोनों ने बाहर (एकान्त) में जाकर चर्चा की। उन्होंने जो कुछ कहा, वह कर्मसम्बन्धी ही था। और जिसकी प्रशंसा की वह भी सही रूप में कर्म की ही थी। पुण्यकर्म से मनुष्य पुण्यवान होता है और पाप कर्म से पापी होता है। इसके बाद आर्तभाग शान्त हो गया।

(यहाँ दूसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

तृतीयं ब्राह्मणम्

अथ हैनं भुज्युर्लाह्यायनिः पप्रच्छ याज्ञल्क्येति होवाच मद्रेषु चरकाः पर्यव्रजाम ते पतञ्चलस्य काप्यस्य गृहानैम तस्यासीद्दुहिता गन्धर्वगृहीता तमपृच्छाम कोऽसीति सोऽब्रवीत्सुधन्वाऽऽङ्गिरस इति तं यदा लोकानामन्तानपृच्छामाथैनमब्रूम क्व पारिक्षिता अभवन्निति क्व पारिक्षिता अभवन् स त्वा पृच्छामि याज्ञवल्क्य क्व पारिक्षिता अभवन्निति ॥1॥

अब उन याज्ञवल्क्य से लाह्यानि भुज्यु ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! हम जब मद्र देश में चरक (अध्ययनव्रतधारी अथवा अध्वर्यु) होकर घूम रहे थे, तब कपिगोत्रीय पतंचल के घर पर जा पहुँचे। वहाँ उसकी पुत्री गन्धर्व से गृहीत थी (गन्धर्व उसके शरीर में आविष्ट हुआ।) हमने उससे पूछा—'तू कौन है ?' वह बोला—'मैं सुधन्वा आंगिरस हूँ।' जब हमने उससे लोकों के अन्त के विषय में और 'परिक्षित के वंशज कहाँ थे'—इसके विषय में पूछा था। तो अब हे याज्ञवल्क्य ! मैं आपसे पूछता हूँ कि परिक्षित के उन वंशजों का क्या हुआ ?''

स होवाचोवाच वै सोऽगच्छन्वै ते तद्यात्राश्वमेधयाजिनो गच्छन्तीति क्व न्वश्वमेधयाजिनो गच्छन्तीति द्वात्रिꣳशतं वै देवरथाह्यान्ययं लोकस्तꣳ समन्तं पृथ्वी द्विस्तावत्पर्येति ताꣳ समन्तं पृथिवीं द्विस्तावत्समुद्रः पर्येति तद् यावती क्षुरस्य धारा यावद्वा मक्षिकायाः पत्रं तावानन्तरेणाकाशस्तानिन्द्रः सुपर्णो भूत्वा वायवे प्रायच्छत्तान्वायुरात्मनि धित्वा तत्रागमद्यत्रात्राश्वमेधयाजिनोऽभवन्नित्येवमिव वै स वायुमेव प्रशशꣳस तस्माद्वायुरेव व्यष्टिर्वायुः समष्टिरप पुनर्मृत्युं जयति य एवं वेद ततो ह भुज्युर्लाह्यायनिरुपरराम ॥2॥

इति तृतीयं ब्राह्मणम् ॥

तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''उसने (गन्धर्व ने) (तुम्हें) ऐसा कहा था कि वे (परिक्षित के वंशज) वहीं गए हैं कि जहाँ अश्वमेध यज्ञ करनेवाले जाते हैं''। भुज्यु ने पूछा—''अश्वमेध यज्ञ करनेवाले कहाँ जाते हैं ?'' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''देवरथ (सूर्य के रथ) का बत्तीस गुना विस्तार—अर्थात् एक दिन में अपने रथ के द्वारा सूर्य जितना अन्तर काटता है, उसका बत्तीस गुना विस्तार इस लोक का है। इस लोक के आसपास इस लोक से दुगुनी पृथ्वी उसे घेर कर अवस्थित है। उस पृथ्वी को भी चारों और उससे दुगुने समुद्र ने घेर रखा है। उन दोनों के बीच उस्तरे की धार जैसा या मक्खी के पंख जैसा एक छिद्र है (आकाश है) फिर इन्द्र ने एक पक्षी (अच्छी पंखवाले) का रूप लेकर उस छिद्र (आकाश - खाली जगह) के द्वारा परिक्षित के वंशजों को वायु को सौंप दिया। वायु ने उनको (परिक्षित के वंशजों को) अपने भीतर स्थापित करके (अर्थात् अपने ऊपर बिठाकर) जिस स्थान पर अश्वमेध यज्ञ

करनेवाले थे, वहाँ पहुँचा दिया। इस प्रकार गंधर्व ने यहाँ वायु की ही प्रशंसा की थी। इसलिए वायु ही व्यष्टि है, वायु ही समष्टि है। जो कोई भी इस प्रकार जानता है, वह अपमृत्यु और पुनर्मृत्यु को जीत लेता है।'' और इसके बाद लाह्यायनि भुज्यु शान्त हो गया।

(यहाँ तीसरा ब्राह्मण पूरा हुआ)

❋

चतुर्थं ब्राह्मणम्

अथ हैनमुषस्तश्चाक्रायणः पप्रच्छ याज्ञवल्क्येति होवाच यत्साक्षाद्परोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरस्तं मे व्याचक्ष्व इत्येष त आत्मा सर्वान्तरः कतमो याज्ञवल्क्य सर्वान्तरो यः प्राणेन प्राणिति स त आत्मा सर्वान्तरो योऽपानेनापानिति स त आत्मा सर्वान्तरो यो व्यानेन व्यानिति स त आत्मा सर्वान्तरो य उदानेनोदानिति स त आत्मा सर्वान्तर एष त आत्मा सर्वान्तरः ॥1॥

अब उनसे (याज्ञवल्क्य से) चक्र के पुत्र उषस्त ने पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! जो ब्रह्म साक्षात् (हमारे सामने ही) है जो अपरोक्ष (हमसे जरा भी दूर) नहीं है, और जो सभी के अन्तस् में आत्मा के स्वरूप में बसता है उस ब्रह्म के विषय में मुझे समझाइए।'' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''यह जो तुम्हारा आत्मा है, वही सभी का आत्मा है। प्राण लेनेवाला जो तुम्हारा आत्मा है, वही सभी के अंतस् में रहता है। व्यान वायु के द्वारा सारे शरीर में व्याप्त होकर रहने वाला जो तुम्हारा आत्मा है वही सभी के अंतस में रहनेवाला आत्मा है। उदानवायु के द्वारा तुम्हारे शरीर में श्वास बाहर निकालने वाला जो तम्हारा आत्मा है, वही सभी के अन्तस् में रहनेवाला आत्मा है। यह तुम्हारा ही आत्मा सभी के अन्तस् में रहता है।

स होवाचोषस्तश्चाक्रायणो यथा विब्रूयादसौ गौरसावश्व इत्येवमेवैतद् व्यपदिष्टं भवति यदेव साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरस्तं मे व्याचक्ष्वेत्येष त आत्मा सर्वान्तरः कतमो याज्ञवल्क्य सर्वान्तरो न दृष्टेर्द्रष्टारं पश्येर्न श्रुतेः श्रोतारꣳ शृणुयान्न मतेर्मन्तारं मन्वीथा न विज्ञातेर्विज्ञातारं विजानीया एष त आत्मा सर्वान्तरोऽतोऽन्यदार्तं ततो होषस्तश्चाक्रायण उपरराम ॥2॥

इति चतुर्थं ब्राह्मणम् ॥

उषस्त चाक्रायण ने कहा—''(हे याज्ञवल्क्य !) जिस तरह 'यह गाय है, घोड़ा है' ऐसा कहा जाता है, इसी तरह आपका 'यह ब्रह्म है'—ऐसा कथन है। परन्तु मुझे तो आप जो हमारे सामने ही हैं (साक्षात् हैं) और जो कहीं भी दूर नहीं है (जो अपरोक्ष है) और जो सभी के अन्तस् में रहता है उसी के विषय में समझाइए।'' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—''यह जो तुम्हारा आत्मा है, वही सबके भीतर (सबके अन्तस् में) रहता है।'' तब चाक्रायण ने कहा—''हे याज्ञवल्क्य ! सभी के अन्तस् में कौन बसता है ?'' तब याज्ञवल्क्य बोले—''जो आँख को देखने वाला है उसे तुम नहीं देख सकते। जो कान का सुनने वाला है, उसे तुम नहीं सुन सकते। जो मन का सोचनेवाला (मन) है, उसे तुम नहीं

सोच सकते। जो ज्ञान का ज्ञाता है, उसे तुम नहीं जान सकते। वह जो तुम्हारा आत्मा है, वही सभी के अंतर में रहता है। इसके सिवा सब कुछ नाशवान् है। तब उषस्त चाक्रायण शान्त हो गया।

(यहाँ चौथा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमं ब्राह्मणम्

अथ हैनं कहोलः कौषीतकेयः पप्रच्छ याज्ञवल्क्येति होवाच यदेव साक्षादपरोक्षाद्ब्रह्म य आत्मा सर्वान्तरस्तं मे व्याचक्ष्वेत्येष त आत्मा सर्वान्तरः कतमो याज्ञवल्क्य सर्वान्तरो योऽशनायापिपासे शोकं मोहं जरां मृत्युमत्येति एतं वै तमात्मानं विदित्वा ब्राह्मणाः पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति या ह्येव पुत्रैषणा सा वित्तैषणा या वित्तैषणा सा लोकैषणोभे ह्येते एषणे एव भवतस्तस्माद् ब्राह्मणः पाण्डित्यं निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेद्बाल्यं च पाण्डित्यं च निर्विद्याथ मुनिरमौनं च मौनं च निर्विद्याऽथ ब्राह्मणः स ब्राह्मणः कैन स्याद्येन स्यात्तेनेदृश एवातोऽन्यदार्तं ततो ह कहोलः कौषीतकेय उपरराम ॥1॥

इति पञ्चमं ब्राह्मणम् ॥

इसके बाद कुषीतक के पुत्र कहोल ने उनसे पूछा—"हे याज्ञवल्क्य! जो ब्रह्म साक्षात् (हमारे सामने ही) है, जो अपरोक्ष (जरा भी दूर) नहीं है, और जो सबके अन्तर में आत्मा के रूप में रहता है उस ब्रह्म के विषय में मुझे समझाइए।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"यह जो तुम्हारा आत्मा है, वही सबके अन्तर में रहता है।" तब कहोल ने पूछा—"कौन-सा आत्मा सबके अन्तस् में रहता है?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"जो आत्मा भूख, प्यास, शोक, मोह, वृद्धत्व, मृत्यु—इन सबका अतिक्रमण करता है; ऐसे इस आत्मा को जो ब्राह्मण जानते हैं, वे पुत्र-प्राप्ति की इच्छा छोड़ देते हैं, धनप्राप्ति की इच्छा छोड़ देते हैं, स्वर्गादि लोकों की प्राप्ति की इच्छा भी छोड़ देते हैं और भिक्षा माँगकर निर्वाह करते हैं। पुत्रप्राप्ति की इच्छा होती है, तभी तो धनप्राप्ति की इच्छा होती है। और जब धनप्राप्ति की इच्छा होती है, तब स्वर्गादि लोक की प्राप्ति की इच्छा होती है। क्योंकि आखिर में वे दोनों इच्छाएँ तो हैं ही। इसलिए ब्राह्मण को चाहिए कि वह पूर्णतः आत्मज्ञान प्राप्त करके उस आत्मज्ञानरूप बल से स्थिर रहने की इच्छा करे। फिर उस बल और पाण्डित्य को पूर्णतः प्राप्त करके वह मुनि होता है। फिर अमौन और मौन उन दोनों को पूर्णतः प्राप्त करके वह ब्राह्मण होता है।" "तो वह ब्राह्मण कैसे होता है?"—कहोल के ऐसा पूछने पर याज्ञवल्क्य बोले—"वह किसी भी प्रकार से हो, पर वह ब्राह्मण ऐसा ही (उपर्युक्त योग्यतावाला) होता है। आत्मा भी ऐसा ही है। आत्मा के सिवा अन्य सब कुछ विनाशी ही है।" यह सुनकर कहोल शान्त हो गया।

(यहाँ पाँचवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

षष्ठं ब्राह्मणम्

अथ हैनं गार्गी वाचक्नवी पप्रच्छ याज्ञवल्क्येति होवाच यदिदꣳ सर्वमप्स्वोतं च प्रोतं च कस्मिन्नु खल्वाप ओताश्च प्रोताश्चेति वायौ गार्गीति

कस्मिन्नु खलु वायुरोतश्च प्रोतश्चेत्यन्तरिक्षलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खल्वन्तरिक्षलोका ओताश्च प्रोताश्चेति गन्धर्वलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खलु गन्धर्वलोका ओताश्च प्रोताश्चेत्यादित्यलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खल्वादित्यलोका ओताश्च प्रोताश्चेति चन्द्रलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खलु चन्द्रलोका ओताश्च प्रोताश्चेति नक्षत्रलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खलु नक्षत्रलोका ओताश्च प्रोताश्चेति देवलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खलु देवलोका ओताश्च प्रोताश्चेतीन्द्रलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खल्विन्द्रलोका ओताश्च प्रोताश्चेति प्रजापतिलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खलु प्रजापतिलोका ओताश्च प्रोताश्चेति ब्रह्मलोकेषु गार्गीति कस्मिन्नु खलु ब्रह्मलोका ओताश्च प्रोताश्चेति स होवाच गार्गि माति प्राक्षीर्मा ते मूर्धा व्यपप्तत्सदनतिप्रश्न्यां वै देवतामतिपृच्छसि गार्गि मातिप्राक्षीरिति ततो ह गार्गी वाचक्नव्युपरराम ॥1॥

इति षष्ठं ब्राह्मणम् ॥

बाद में वचक्नु की पुत्री गार्गी ने उनसे पूछा—"हे याज्ञवल्क्य! विश्व में जो कुछ भी है, वह सब यदि पानी में घुलमिल गया हो, तो फिर पानी किसमें घुलमिला है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! वायु में।" गार्गी बोली—"वायु किसमें अनुस्यूत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! अन्तरिक्ष लोकों में।" गार्गी बोली—"तो अन्तरिक्षलोक किसमें अनुस्यूत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! गन्धर्व लोकों में।" गार्गी बोली—"गन्धर्वलोक किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! सूर्यलोकों में।" गार्गी बोली—"सूर्यलोक किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! चन्द्रलोकों में।" गार्गी बोली—"चन्द्रलोक किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! नक्षत्रलोकों में।" गार्गी बोली—"नक्षत्रलोक किसमें ओतप्रोत हैं?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! देवलोकों में।" गार्गी बोली—"देवलोक किसमें ओतप्रोत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! इन्द्रलोकों में।" गार्गी बोली—"इन्द्रलोक किसमें घुलेमिले हैं?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! प्रजापतिलोकों में।" गार्गी बोली—"प्रजापतिलोक किसमें तानेबाने की तरह मिलेजुले हैं?" याज्ञवल्क्य बोले—"गार्गी! ब्रह्मलोकों में।" गार्गी बोली—"तब ब्रह्मलोक किसमें तानेबाने की तरह अनुस्यूत है?" याज्ञवल्क्य बोले—"हे गार्गी! अब अधिक प्रश्न मत पूछो! नहीं तो तुम्हारा मस्तक उड़कर नीचे गिर पड़ेगा। जिस देव के सम्बन्ध में अमुक सीमा से अधिक प्रश्न पूछना उचित नहीं है, उस देव के विषय में तुम हद से अधिक प्रश्न पूछ रही हो। इसलिए हे गार्गी! तुम अब अतिप्रश्न न पूछो।" यह सुनकर वचक्नु की पुत्री गार्गी शान्त हो गई।

(यहाँ छठा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

सप्तमं ब्राह्मणम्

अथ हैनमुद्दालक आरुणिः पप्रच्छ याज्ञवल्क्येति होवाच मद्रेष्ववसाम पतञ्चलस्य काप्यस्य गृहेषु यज्ञमधीयानास्तस्यासीद्भार्या गन्धर्वगृहीता तमपृच्छाम कोऽसीति सोऽब्रवीत् कबन्ध आथर्वण इति सोऽब्रवीत्पतञ्चलं काप्यं याज्ञिकाꣳश्च वेत्थ नु त्वं काप्य तत्सूत्रं येनायं च लोकः परश्च

लोकः सर्वाणि च भूतानि सन्दृब्धानि भवन्तीति सोऽब्रवीत्पतञ्चलः काप्यो नाहं तद्भगवन्वेदेति सोऽब्रवीत्पतञ्चलं काप्यं याज्ञिकाश्च वेत्थ नु त्वं काप्य तमन्तर्यामिणं य इमं च लोकं परं च लोकꣳ सर्वाणि च भूतानि योऽन्तरो यमयतीति सोऽब्रवीत्पतञ्चलः काप्यो नाहं तं भगवन्वेदेति सोऽब्रवीत्पतञ्चलं काप्यं याज्ञिकाश्च यो वै तत्काप्यसूत्रं विद्यात्तं चान्तर्यामिणमिति स ब्रह्मवित्स लोकवित्स देववित्स वेदवित्स भूतवित्स आत्मवित्स सर्वविदिति तेभ्योऽब्रवीत्तदहं वेद तच्चेत्त्वं याज्ञवल्क्य सूत्रमविद्वाꣳस्तं चान्तर्यामिणं ब्रह्मगवीरुदजसे मूर्धा ते विपतिष्यतीति वेद वा अहं गौतम तत्सूत्रं तं चान्तर्यामिणमिति यो वा इदं कश्चिद्ब्रूयाद्वेद वेदेति यथा वेत्थ तथा ब्रूहीति ॥1॥

फिर उनसे अरुण के पुत्र उद्दालक ने प्रश्न पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! हम लोग मद्र देश में जब शास्त्रों का अभ्यास करते थे तब कपिगोत्रीय पतंचल के घर में रहते थे। उसकी स्त्री को गन्धर्व ने आविष्ट कर लिया था। हम लोगों ने उससे पूछा—"तू कौन है ?" उसने कहा—"मैं अथर्व का पुत्र कबन्ध हूँ।" उसने फिर कपिगोत्रीय पतंचल से और हम याज्ञिकों से (विद्यार्थियों से) कहा—"हे काप्य ! क्यों तुम लोग यह जानते हो कि यह लोक, परलोक और ये सब प्राणी किस सूत्र में पिरोये हुए हैं ?" कपिगोत्रीय पतंचल ने कहा—"भगवन् ! नहीं, हम तो यह नहीं जानते।" तब उस गन्धर्व ने उस कपिगोत्रीय पतंचल से और हम याज्ञिकों से (विद्यार्थियों से) कहा—"हे काप्य ! क्या तुम लोग उस अन्तर्यामी को जानते हो जो कि भीतर बैठे-बैठे ही इस लोक को, परलोक को और सभी प्राणियों को नियम में रखता है ?" काप्य पतंचल ने कहा—"भगवन् ! नहीं, हम उसे नहीं जानते।" फिर उस (गन्धर्व) ने कपिगोत्रीय पतंचल से और हम सब याज्ञिकों से कहा—"हे काप्य ! जो मनुष्य उस सूत्र को और उस अन्तर्यामी को जान लेता है, वह ब्रह्म को जान लेता है, वह जगत् को जान लेता है, वह देवों को जानता है, वह वेदों को जानता है, प्राणियों को जानता है और आत्मा को जानता है। वह सब कुछ जानता है।" बाद में गंधर्व ने उन्हें जो कुछ समझाया था, वह मैं जानता हूँ। हे याज्ञवल्क्य ! तुम यदि उस सूत्र को और उस अन्तर्यामी को बिना जाने ही इन ब्रह्मज्ञानी को (ही) दी जानेवाली गायों को हाँककर ले जाओगे, तो तुम्हारा सिर नीचे गिर पड़ेगा।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"हे गौतम ! मैं उस सूत्र को और उस अन्तर्यामी को जानता हूँ।" तब कुद्दालक ने कहा—"मैं जानता हूँ, मैं जानता हूँ—ऐसा तो कोई भी मनुष्य कह सकता है। पर तुम जो जानते हो, वह कहकर बताओ।"

स होवाच वायुर्वै गौतम तत्सूत्रं वायुना वै गौतम सूत्रेणायं च लोकः परश्च लोकः सर्वाणि च भूतानि सन्दृब्धानि भवन्ति तस्माद्वै गौतम पुरुषं प्रेतमाहुर्व्यस्रꣳसिषतास्याङ्गानीति वायुना हि गौतम सूत्रेण सन्दृब्धानि भवन्तीत्येवमेवैतद् याज्ञवल्क्यान्तर्यामिणं ब्रूहीति ॥2॥

उन्होंने (याज्ञवल्क्य ने) कहा—"हे गौतम ! वह सूत्र वायु है। हे गौतम ! इस वायुरूपी सूत्र में यह लोक, परलोक तथा सभी प्राणी पिरोये हुए हैं। इसलिए हे गौतम ! जब मनुष्य मर जाता है, तब लोग कहते हैं कि इसके शरीर के बन्ध छूट गए हैं, क्योंकि हे गौतम ! वायुरूपी सूत्र से ही वे सब पिरोये हुए रहते हैं।" तब उद्दालक ने कहा—"यह सब तो ठीक है। अब हे याज्ञवल्क्य ! अन्तर्यामी के विषय में कहो"।

यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरो यं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरं यः पृथिवीमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥3॥

वह जो पृथ्वी में रहता है, पृथ्वी के भीतर है, जिसे पृथ्वी नहीं जानती, पृथ्वी जिसका शरीर है, पृथ्वी के भीतर रहकर जो पृथ्वी को नियम में रखता है, वही तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, और वही अमृत है।

योऽप्सु तिष्ठन्नद्भ्योऽन्तरो यमापो न विदुर्यस्यापः शरीरं योऽपोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥4॥

जो यह जल में रहता हुआ जल ही संव्याप्त है, जिसे जल जानता नहीं, जल जिसका शरीर है, जो जल में रहकर जल का नियमन करता है, वही तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

योऽग्नौ तिष्ठन्नग्नेरन्तरो यमग्निर्न वेद यस्याग्निः शरीरं योऽग्निमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥5॥

जो अग्नि में रहते हुए अग्नि में अनुस्यूत है, जिसे अग्नि नहीं जानता, जिसका शरीर अग्नि है जो अग्नि के भीतर रहकर अग्नि का नियमन करता है, वही तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

योऽन्तरिक्षे तिष्ठन्नन्तरिक्षादन्तरो यमन्तरिक्षं न वेद यस्यान्तरिक्षꣳ शरीरं योऽन्तरिक्षमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥6॥

जो अन्तरिक्ष में रहते हुए अन्तरिक्ष में ही संव्याप्त है, जिसे अन्तरिक्ष नहीं जानता, अन्तरिक्ष जिसका शरीर है। जो अन्तरिक्ष में अनुस्यूत रहकर अन्तरिक्ष को नियम में रखता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यो वायौ तिष्ठन्वायोरन्तरो यं वायुर्न वेद यस्य वायुः शरीरं यो वायुमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥7॥

जो वायु में रहकर वायु के भीतर रहकर बसता है, जिसे वायु नहीं जानता, वायु जिसका शरीर है, जो वायु के भीतर रहकर वायु का नियमन करता है, वही तेरा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यो दिवि तिष्ठन्दिवोऽन्तरो यं द्यौर्न वेद यस्य द्यौः शरीरं यो दिवमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥8॥

जो द्युलोक (स्वर्ग) में रहता है, स्वर्ग के भीतर उसका निवास है; जिसे द्युलोक (स्वर्ग) नहीं जानता, स्वर्गलोक जिसका शरीर है; जो स्वर्ग के भीतर रहकर जो स्वर्ग को नियम में रखता है वही तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

य आदित्ये तिष्ठन्नादित्यादन्तरो यमादित्यो न वेद यस्यादित्यः शरीरं य आदित्यमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥9॥

जो सूर्य में रहता हुआ सूर्य के भीतर अनुस्यूत है, जिसे सूर्य नहीं जानता, जिसका शरीर सूर्य है, जो सूर्य के भीतर रहकर सूर्य का नियमन करता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है और वही अमृत है।

यो दिक्षु तिष्ठन्दिग्भ्योऽन्तरो यं दिशो न विदुर्यस्य दिशः शरीरं यो दिशोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥10॥

जो दिशाओं में रहता हुआ दिशाओं के भीतर अनुस्यूत है, जिसे दिशाएँ नहीं जानतीं, दिशाएँ जिसका शरीर हैं, दिशाओं के भीतर रहकर जो दिशाओं का नियमन करता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यश्चन्द्रतारके तिष्ठंश्चन्द्रतारकादन्तरो यं चन्द्रतारकं न वेद यस्य चन्द्रतारकꣳ शरीरं यश्चन्द्रतारकमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥11॥

जो चन्द्र और ताराओं में रहकर चन्द्र और तारकों के भीतर अनुस्यूत है, जिसे चन्द्र और तारक नहीं जानते। चन्द्र और तारक जिसका शरीर है जो चन्द्र और तारक के भीतर रहकर उनका नियमन करता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

य आकाशे तिष्ठन्नाकाशादन्तरो यमाकाशो न वेद यस्याकाशः शरीरं यश्चाकाशमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥12॥

जो आकाश में रहता हुआ आकाश के भीतर गूँथा हुआ है, जिसे आकाश नहीं जानता, आकाश जिसका शरीर है। आकाश में अनुस्यूत होकर जो आकाश को नियमन में रखता है, वह यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यस्तमसि तिष्ठꣳस्तमसोऽन्तरो यं तमो न वेद यस्य तमः शरीरं यस्तमोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥13॥

जो अँधेरे में रहते हुए अंधकार से ओतप्रोत है, जिसे अँधेरा नहीं जानता, अंधकार ही उसका शरीर है। अँधेरे में अनुस्यूत होकर जो अंधकार का नियमन करता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यस्तेजसि तिष्ठꣳस्तेजसोऽन्तरो यं तेजो न वेद यस्य तेजः शरीरं यस्तेजोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः। इत्यधिदैवतमथाधिभूतम् ॥14॥

जो तेज में रहते हुए तेज के साथ अनुस्यूत है, जिसे तेज नहीं जानता, तेज जिसका शरीर है। तेज के भीतर रहकर जो तेज का नियमन करता है वही यह तेरा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है। इतना वर्णन देवों के विषय में हुआ। अब प्राणियों के विषय में उसका वर्णन किया जाता है।

यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्सर्वेभ्यो भूतेभ्योऽन्तरो यꣳ सर्वाणि भूतानि न विदुर्यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं यः सर्वाणि भूतान्यन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृत इत्यधिभूतमथाध्यात्मम् ॥15॥

जो सभी प्राणियों में रहते हुए सभी में अनुस्यूत है जिसे प्राणी नहीं जानते, प्राणी जिसका शरीर है। प्राणियों के भीतर रहकर जो प्राणियों का नियन्त्रण करता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही

अन्तर्यामी है, वही अमृत है। इतना वर्णन प्राणियों के विषय में हुआ। अब शरीर के विषय में कहा जाता है।

यः प्राणे तिष्ठन्प्राणादन्तरो यं प्राणो न वेद यस्य प्राणः शरीरं यः प्राणमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥16॥

जो प्राणों में रहता हुआ प्राणों में ओतप्रोत है, जिसे प्राण नहीं जानता, जिसका प्राण शरीर है। जो प्राण के भीतर रहकर प्राण का नियमन करता है वही यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यो वाचि तिष्ठन्वाचोऽन्तरो यं वाङ् न वेद यस्य वाक् शरीरं यो वाचमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥17॥

जो वाणी में रहते हुए वाणी के भीतर ओतप्रोत है, जिसे वाणी नहीं जानती, वाणी जिसका शरीर है। वाणी के भीतर रहकर जो वाणी का नियंत्रण करता है, यह वही तुम्हारा आत्मा है, वह अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यश्चक्षुषि तिष्ठꣳश्चक्षुषोऽन्तरो यं चक्षुर्न वेद यस्य चक्षुः शरीरं यश्चक्षुरन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥18॥

जो आँख में रहते हुए आँख से ओतप्रोत हो गया है, जिसे आँख नहीं जानती, आँख जिसका शरीर है, जो आँख के भीतर रहकर आँख का नियंत्रण करता है, वह यही तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यः श्रोत्रे तिष्ठञ्छ्रोत्रादन्तरो यꣳ श्रोत्रं न वेद यस्य श्रोत्रꣳ शरीरं यः श्रोत्रमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥19॥

जो कान में रहते हुए कान में घुलमिल गया है, जिसे कान नहीं जानता, कान जिसका शरीर है। जो कान के भीतर रहकर कान का नियन्त्रण करता है, वही यह तुम्हारा आत्मा है, वहीं अन्तर्यामी है और वही अमृत है।

यो मनसि तिष्ठन्मनसोऽन्तरो यं मनो न वेद यस्य मनः शरीरं यो मनोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥20॥

जो मन में रहते हुए मन के साथ अनुस्यूत हो गया है, जिसे मन नहीं जानता, मन जिसका शरीर है। जो मन के भीतर रहकर मन का नियन्त्रण करता है, वही तुम्हारा यह आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यस्त्वचि तिष्ठꣳस्त्वचोऽन्तरो यं त्वङ् न वेद यस्य त्वक् शरीरं यस्त्वचमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥21॥

जो त्वचा में रहते हुए त्वचा के साथ अनुस्यूत होकर रहता है, जिसे त्वचा नहीं जानती, त्वचा जिसका शरीर है। जो त्वचा के भीतर रहकर त्वचा का नियंत्रण करता है, वह यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है और वही अमृत है।

यो विज्ञाने तिष्ठन्विज्ञानादन्तरो यं विज्ञानं न वेद यस्य विज्ञानꣳ शरीरं यो विज्ञानमन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतः ॥22॥

जो विज्ञान में रहते हुए विज्ञान में ओतप्रोत है, जिसे विज्ञान नहीं जानता, विज्ञान जिसका शरीर है। जो विज्ञान के भीतर रहकर विज्ञान का नियंत्रण करता है, वह यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है।

यो रेतसि तिष्ठन् रेतसोऽन्तरो यꣳ रेतो न वेद यस्य रेतः शरीरं यो रेतोऽन्तरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृतोऽदृष्टो द्रष्टाऽश्रुतः श्रोताऽमतो मन्ताऽविज्ञातो विज्ञाता नान्योऽतोऽस्ति द्रष्टा नान्योऽतोऽस्ति श्रोता नान्योऽतोऽस्ति मन्ता नान्योऽतोऽस्ति विज्ञातैष त आत्मान्तर्याम्यमृतोऽन्यदार्तं ततो होद्दालक आरुणिरुपरराम ॥23॥

इति सप्तमं ब्राह्मणम् ॥

जो वीर्य में रहकर वीर्य में अनुस्यूत हो गया है, जिसे वीर्य नहीं जानता, वीर्य जिसका शरीर है। जो वीर्य में रहकर वीर्य का नियंत्रण करता है, वह यह तुम्हारा आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृत है। वह सबको देखता है, उसे कोई नहीं देखता। वह सबको सुनता है, उसको कोई नहीं सुनता। वह सब कुछ सोचता है पर वह सोचा नहीं जा सकता। वह सब कुछ जानता है पर वह जाना नहीं जा सकता। आत्मा के सिवा अन्य कोई देखनेवाला नहीं है, इसके सिवा दूसरा कोई सुननेवाला नहीं है। इसके सिवा अन्य कोई सोचनेवाला नहीं है। इसके सिवा अन्य कोई जाननेवाला नहीं है। वही यह आत्मा है, वही अन्तर्यामी है, वही अमृतमय (अविनाशी) है। इसके सिवा सब कुछ विनाशशील है—इसके बाद उद्दालक आरुणि शान्त हो गया।

(यहाँ सातवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

अष्टमं ब्राह्मणम्

अथ ह वाचक्नव्युवाच ब्राह्मणा भगवन्तो हन्ताहमिमं द्वौ प्रश्नौ प्रक्ष्यामि तौ चेन्मे वक्ष्यति न वै जातु युष्माकमिमं कश्चिद्ब्रह्मोद्यं जेतेति पृच्छ गार्गीति ॥1॥

तब वचक्नुपुत्री गार्गी ने कहा—"हे पूज्य ब्राह्मणो! अब मैं उनसे दो प्रश्न पूछूँगी। इनका यदि वे (याज्ञवल्क्य) उत्तर दे देंगे, तो तुममें से कोई भी ब्रह्मसम्बन्धी बातों में उन्हें जीत सकनेवाला नहीं है।" तब ब्राह्मणों ने कहा—"ठीक है, पूछो गार्गी!"

सा होवाचाहं वै त्वा याज्ञवल्क्य यथा काश्यो वा वैदेहो वोग्रपुत्र उज्ज्यं धनुरधिज्यं कृत्वा द्वौ बाणवन्तौ सपत्नातिव्याधिनौ हस्ते कृत्वोपोत्तिष्ठेदेवमेवाहं त्वा द्वाभ्यां प्रश्नाभ्यामुपोदस्थां तौ मे ब्रूहीति पृच्छ गार्गीति ॥2॥

वह बोली—"हे याज्ञवल्क्य! जैसे काशी में रहनेवाले या विदेहों में रहनेवाले किसी योद्धा का पुत्र उतारे गए धनु पर फिर से प्रत्यञ्चा (धनुष की डोरी) चढ़ाकर, शत्रुओं को बहुत पीड़ा पहुँचानेवाले दो बाण हाथ में लेकर सामने खड़ा हो जाए, उसी तरह दो प्रश्न लेकर मैं आपके सामने खड़ी हुई हूँ। ये प्रश्न मैं आपसे पूछ रही हूँ। मुझे उन प्रश्नों का उत्तर दीजिए।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"पूछो गार्गी!"

सा होवाच यदूर्ध्वं याज्ञवल्क्य दिवो यदवाक् पृथिव्या यदन्तरा द्यावापृथिवी इमे यद्भूतं च भवच्च भविष्यच्चेत्याचक्षते कस्मिꣳस्तदोतं च प्रोतं चेति ॥3॥

उसने (गार्गी ने) पूछा—"हे याज्ञवल्क्य! जो तत्त्व स्वर्ग के ऊपर है, और जो पृथ्वी के नीचे है, जो स्वर्ग में भी है और पृथ्वी में भी है तथा उन दोनों के बीच में भी है। और (विद्वान्) कहते हैं कि वह भूत, भविष्यत् तथा वर्तमानकाल में भी है, वह तत्त्व ताने-बाने की तरह किसमें पिरोया हुआ है?"

स होवाच यदूर्ध्वं गार्गि दिवो यदवाक् पृथिव्या यदन्तरा द्यावापृथिवी इमे यद्भूतं च भवच्च भविष्यच्चेत्याचक्षत आकाशे तदोतं च प्रोतं चेति ॥4॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे गार्गी! जो तत्त्व स्वर्ग (द्युलोक) से ऊपर है और पृथ्वी से नीचे है, जो (स्वर्ग और पृथ्वी के) भीतर भी है, उन दोनों के बीच में भी है, और जो भूत, भविष्यत् और वर्तमानकाल में भी है, वह आकाश में तानेबाने की तरह ओतप्रोत है।

सा होवाच नमस्तेऽस्तु याज्ञवल्क्य यो म एतं व्यवोचोऽपरस्मै धारयस्वेति पृच्छ गार्गीति ॥5॥

तब गार्गी ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य! आपको मैं नमस्कार करती हूँ। आपने मेरे प्रश्न का उत्तर अच्छी तरह से दे दिया। अब दूसरे प्रश्न के (उत्तर) के लिए तत्पर हो जाइए।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"गार्गी! पूछो!"

सा होवाच यदूर्ध्वं याज्ञवल्क्य दिवो यदवाक् पृथिव्या यदन्तरा द्यावापृथिवी इमे यद्भूतं च भवच्च भविष्यच्चेत्याचक्षते कस्मिँस्तदोतं च प्रोतं चेति ॥6॥

गार्गी ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य! जो तत्त्व स्वर्ग (द्युलोक) से ऊपर है, जो पृथ्वी के नीचे है, जो इन दोनों के बीच में भी है, वह स्वयं भी पृथ्वी और स्वर्ग ही है। विद्वान् लोग जिसे भूत, भविष्य और वर्तमान कहते हैं, वह तानेबाने की तरह किसमें ओतप्रोत है?"

स होवाच यदूर्ध्वं गार्गि दिवो यदवाक् पृथिव्या यदन्तरा द्यावापृथिवी इमे यद्भूतं च भवच्च भविष्यच्चेत्याचक्षत आकाश एव तदोतं च प्रोतं चेति कस्मिन्नु खल्वाकाश ओतश्च प्रोतश्चेति ॥7॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे गार्गी! जो तत्त्व स्वर्ग से ऊपर है, पृथ्वी से नीचे है, दोनों के बीच में है, और जो ये दोनों भी है, जिसे विद्वान् लोग भूत, वर्तमान और भविष्य कहते हैं, वह आकाश में ही तानेबाने की तरह पिरोया हुआ है।" तब गार्गी ने कहा—"पर यह आकाश किसमें ओतप्रोत है?"

स होवाचैतद्वै तदक्षरं गार्गि ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घमलोहितमस्नेहमच्छायमतमोऽवाय्वनाकाशमसङ्गमरसमगन्धमचक्षुष्कमश्रोत्रमवागमनोऽतेजस्कमप्राणममुखममात्रमनन्तरमबाह्यं न तदश्नाति किंचन न तदश्नाति कश्चन ॥8॥

तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे गार्गी ! (जिसके भीतर आकाश तानेबाने की तरह बुना हुआ है) उस तत्त्व को ब्रह्मवेत्ता लोग 'अक्षर' (अविनाशी) ब्रह्म कहते हैं। वह न स्थूल है न पतला, न छोटा है न बड़ा, न लम्बा है न नाटा, वह लाल नहीं है (किसी वर्णवाला नहीं है), वह प्रवाही भी नहीं है। वह न छायावाला है न अँधेरेवाला, वह पवनयुक्त नहीं, आकाशयुक्त नहीं, वह असंग, रसरहित, गन्धरहित, चक्षुरहित, श्रोत्ररहित, वाणीरहित, मनरहित, तेज़रहित, प्राणरहित, सुखरहित है। वह पाप नहीं है। उसमें बाहर और भीतर—ऐसा भेद नहीं हैं। वह कुछ खाता नहीं है और उसको भी कोई खाता नहीं है।

एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठत एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि द्यावापृथिव्यौ विधृते तिष्ठत एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि निमेषा मुहूर्ता अहोरात्राण्यर्धमासा मासा ऋतवः संवत्सरा इति विधृतास्तिष्ठन्त्येतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि प्राच्योऽन्या नद्यः स्यन्दन्ते श्वेतेभ्यः पर्वतेभ्यः प्रतीच्योऽन्या यां यां च दिशमन्वेतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गि ददतो मनुष्याः प्रशꣳसन्ति यजमानं देवा दर्वीं पितरोऽन्वायत्ताः ॥9॥

"हे गार्गी ! इस अक्षर (अविनाशी) ब्रह्म की आज्ञा से सूर्य और चन्द्र अपने-अपने स्थान पर स्थित रहते हैं। हे गार्गी ! इस अक्षर-ब्रह्म की आज्ञा से ही स्वर्ग और पृथ्वी अपने-अपने स्थान पर स्थित रहते हैं। हे गार्गी ! इस अक्षर (अविनाशी) ब्रह्म की आज्ञा से ही क्षण, मुहूर्त, दिन, रात, पक्ष, मास, ऋतुएँ, वर्ष—ये सभी अपने-अपने स्थान पर स्थित (स्थिर रहते) हैं। हे गार्गी। इस अक्षर-ब्रह्म की ही आज्ञा से श्वेत पर्वतों (हिमालय आदि) से निकलकर कुछ नदियाँ पूर्व की ओर, कुछ पश्चिम की ओर, और कुछ अन्यान्य—जिस किसी दिशा में बहती हैं। हे गार्गी ! इस अक्षर (ब्रह्म) की आज्ञा से ही मनुष्य दानियों की प्रशंसा करते हैं तथा देवों का, यज्ञ करनेवालों का तथा पितृलोग दर्वी होम का अनुसरण करते हैं।

यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वाऽस्मिँल्लोके जुहोति यजते तपस्तप्यते बहूनि वर्षसहस्राण्यन्तवदेवास्य तद्भवति यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वाऽस्माल्लोकात्प्रैति स कृपणोऽथ य एतदक्षरं गार्गि विदित्वाऽस्माल्लोकात्प्रैति स ब्राह्मणः ॥10॥

"हे गार्गी ! जो मनुष्य इस अक्षर को बिना जाने ही यदि हजारों वर्ष तक भी होम किया करे, यज्ञपूजा किया करे, तपश्चर्या किया करे, तो भी उसके ये सब (होम, पूजा, तप आदि) नाश होने वाले ही होते हैं। हे गार्गी ! जो मनुष्य अक्षर को जाने बिना ही इस जगत् से मृत्यु को प्राप्त कर चला जाता है, वह कृपण (दीन-हीन—दयापात्र) ही है। परन्तु हे गार्गी ! जो मनुष्य इस अक्षरतत्त्व को जानकर मरण प्राप्त करता है, वह ब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) है।

तद्वा एतदक्षरं गार्ग्यदृष्टं द्रष्टृश्रुतꣳ श्रोत्रमतं मन्त्रविज्ञातं विज्ञातृ नान्यदतोऽस्ति द्रष्टृ नान्यदतोऽस्ति श्रोतृ नान्यदतोऽस्ति मन्तृ नान्यदतोऽस्ति विज्ञात्रेतस्मिन्नु खल्वक्षरे गार्ग्याकाश ओतश्च प्रोतश्चेति ॥11॥

"हे गार्गी ! यह अक्षरब्रह्म सबको देखता है, पर उसे कोई नहीं देख सकता। वह सब कुछ सुनता है, पर उसे कोई नहीं सुन सकता। वह सोच सकता है, पर वह सोचा नहीं जा सकता। वह सबको जानता है, पर जाना नहीं जा सकता। उसके सिवा कोई देखनेवाला नहीं है, कोई सुननेवाला नहीं है, कोई सोचनेवाला नहीं है, कोई जाननेवाला नहीं है। हे गार्गी ! उस अक्षर में आकाश तानेबाने जैसा बुना हुआ है।"

सा होवाच ब्राह्मणा भगवन्तस्तदेव बहु मन्येध्वं यदस्मान्नमस्कारेण मुच्येध्वं न वै जातु युष्माकमिमं कश्चिद्ब्रह्मोद्यं जेतेति ततो ह वाचक्नव्युपरराम ॥12॥

इति अष्टमं ब्राह्मणम् ॥

तब गार्गी बोलीं—"हे पूजनीय ब्राह्मणो ! आप सब इन्हें नमस्कार करके मुक्त हों तो भी बड़ी बात है, ऐसा मान लीजिए। आपमें से कोई भी ब्रह्मसम्बन्धी बातों में इन ब्रह्मवेत्ता को जीत नहीं सकेगा।" ऐसा कहकर वाचक्नवी (गार्गी) शान्त हो गईं।

(यहाँ आठवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

नवमं ब्राह्मणम्

अथ हैनं विदग्धः शाकल्यः पप्रच्छ कति देवा याज्ञवल्क्येति स हैतयैव निविदा प्रतिपेदे यावन्तो वैश्वदेवस्य विविद्युच्यन्ते त्रयश्च त्री च शता त्रयश्च त्री च सहस्रेत्योमिति होवाच कत्येव देवा याज्ञवल्क्येति त्रयस्त्रिꣳशदित्योमिति होवाच कत्येव देवा याज्ञवल्क्येति षडित्योमिति होवाच कत्येव देवा याज्ञवल्क्येति त्रय इत्योमिति होवाच कत्येव देवा याज्ञवल्क्येति द्वावित्योमिति होवाच कत्येव देवा याज्ञवल्क्येत्यध्यर्ध इत्योमिति होवाच कत्येव देवा इत्येक इत्योमिति होवाच कतमे ते त्रयश्च त्री च शता त्रयश्च त्री च सहस्रेति ॥1॥

बाद में शकलपुत्र शाकल्य विदग्ध ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! देव कितने हैं ?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया—"विश्वदेवों की स्तुति में देवों की संख्या बताने वाले मंत्र में जितने देव गिनाए गए हैं उतने तीन हजार तीन सौ और छः देव हैं।" तब शाकल्य ने कहा—"यह तो ठीक है याज्ञवल्क्य ! पर वास्तव में देव कितने हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"तैंतीस देव हैं।" शाकल्य ने कहा—"यह भी ठीक है पर याज्ञवल्क्य ! सचमुच देव कितने हैं ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"छः हैं।" शाकल्य बोला—ठीक है पर सही रूप में देव कितने हैं याज्ञवल्क्य !" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"तीन देव।" तब शाकल्य बोला—"याज्ञवल्क्य ! यह भी ठीक है पर फिर भी देव कितने हैं ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"दो देव हैं।" फिर शाकल्य बोला—"याज्ञवल्क्य। यह भी ठीक है पर वास्तव में देव कितने हैं ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"डेढ़ देव।" शाकल्य बोला—"याज्ञवल्क्य ! यह भी ठीक है पर फिर भी सही रूप में देव कितने हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"एक देव !" शाकल्य बोला—"ठीक है। अब वे तीन हजार तीन सौ छः देव कौन कौन-से हैं ?"

स होवाच महिमान एवैषामेते त्रयस्त्रिꣳशत्त्वेव देवा इति कतमे ते त्रयस्त्रिꣳशदित्यष्टौ वसव एकादश रुद्रा द्वादशादित्यास्त एकत्रिꣳशदिन्द्रश्चैव प्रजापतिश्च त्रयस्त्रिꣳशाविति ॥2॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"ये तो उनकी शक्तियाँ ही हैं। ये देव तो तैंतीस ही हैं।" शाकल्य ने पूछा—"ये तैंतीस कौन-कौन से हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"आठ वसु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य, ये सब मिलकर इकत्तीस हुए। इनमें इन्द्र और प्रजापति मिलने से तैंतीस हुए।" (फिर दोनों में प्रश्नोत्तरी चली—)

कतमे वसव इत्यग्निश्च पृथिवी च वायुश्चान्तरिक्षं चादित्यश्च द्यौश्च चन्द्रमाश्च नक्षत्राणि चैते वसव एतेषु हीदꣳ सर्वꣳ वसु हितमिति तस्माद्वसव इति ॥3॥

प्रश्नः—'वसु कितने हैं ?' उत्तर—'अग्नि, पृथ्वी, वायु, अन्तरिक्ष, सूर्य, स्वर्ग, चन्द्रमा और नक्षत्र—ये वसु हैं। सब कुछ इनमें बसता है इसलिए वे वसु कहे गए हैं।

कतमे रुद्रा इति दशेमे पुरुषे प्राणा आत्मैकादशस्ते यदास्माच्छरीरान्मर्त्यादुत्क्रामन्त्यथ रोदयन्ति तद्यद्रोदयन्ति तस्माद्रुद्रा इति ॥4॥

प्रश्नः—"रुद्र कितने हैं ?" उत्तर—"इस पुरुष में दस प्राण और ग्यारहवाँ आत्मा (ये 'रुद्र' हैं) जब इस मरणशील शरीर में से जब ये उठकर चले जाते हैं, तब (सगे-सम्बन्धियों को) रुलाते हैं इसलिए वे 'रुद्र' हैं।"

कतम आदित्या इति द्वादश वै मासाः संवत्सरस्यैत आदित्या एते हीदꣳ सर्वमाददाना यन्ति ते यदिदꣳ सर्वमाददाना यन्ति तस्मादादित्या इति ॥5॥

प्रश्नः—"आदित्य कितने हैं ?" उत्तर—"वर्ष के बारह महीने ही बारह आदित्य हैं। वे इस सारे जगत् को अपने साथ लेकर (आददाना) बह जाते हैं (यन्ति)। इसलिए वे आदित्य कहे गए हैं।

कतम इन्द्रः कतमः प्रजापतिरिति स्तनयित्नुरेवेन्द्रो यज्ञः प्रजापतिरिति कतमः स्तनयित्नुरित्यशनिरिति कतमो यज्ञ इति पशव इति ॥6॥

प्रश्नः—"इन्द्र कौन है ? प्रजापति कौन है ?" उत्तर—"मेघ ही इन्द्र है और यज्ञ ही प्रजापति है।" प्रश्न—"मेघ कौन है ?" उत्तर—"वज्र ही।" प्रश्नः—"यज्ञ कौन है ?" उत्तर—"पशु।"

कतमे षडित्यग्निश्च पृथिवी च वायुश्चान्तरिक्षं चादित्यश्च द्यौश्चैते षडेते हीदꣳ सर्वं षडिति ॥7॥

प्रश्नः—"वे छः देव कौन-कौन से हैं ?" उत्तर—"अग्नि, पृथिवी, वायु, अन्तरिक्ष, आदित्य और द्युलोक—ये छः देव हैं। उनमें ही सब कुछ (सभी देव) समा जाते हैं।

कतमे ते त्रयो देवा इतीम एव त्रयो लोका एषु हीमे सर्वे देवा इति कतमौ तौ द्वौ देवावित्यन्नं चैव प्राणश्चेति कतमोऽध्यर्ध इति योऽयं पवत इति ॥8॥

प्रश्न—"वे तीन देव कौन-कौन से हैं ?" उत्तर—"ये तीन लोक ही तीन देव हैं, क्योंकि इन्हीं में सभी देव समा जाते हैं।" प्रश्न—"वे दो देव कौन से हैं ?" उत्तर—"वे अन्न और प्राण हैं।" प्रश्न—"तो यह डेढ़ देव कौन-सा है ?" उत्तर—वह, जो कि बहता है अर्थात् पवन।"

तदाहुर्यदयमेक इवैव पवतेऽथ कथमध्यर्ध इति यदस्मिन्निदꣳ सर्वमध्न्ध्नोत्तेनाध्यर्ध इति कतम एको देव इति प्राण इति स ब्रह्म त्यदित्याचक्षते ॥9॥

प्रश्न—"कुछ लोग तो ऐसा कहते हैं कि वायु अकेला ही बहता है, तो फिर वह डेढ़ कैसे ?" उत्तर—"क्योंकि इसी में यह सब 'ऋद्धि' को प्राप्त होते हैं (अधि+ऋद्धि) इसीलिए वह 'अध्यर्ध' कहा जाता है।" प्रश्न—"तो एक देव कौन सा है ?" उत्तर—"वह प्राण है, वह ब्रह्म है, वही 'त्यत्' कहा जाता है।

पृथिव्येव यस्यायतनमग्निर्लोको मनोज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायꣳ शारीरः पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेत्यमृतमिति होवाच ॥10॥

तब शाकल्य ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य! पृथ्वी जिस चैतन्यपुरुष का निवासस्थान है, अग्नि जिसकी आँख है, मन जिसकी ज्योति है, वह पुरुष सभी के शरीरों का बड़े से बड़ा आश्रय है, ऐसा जानना चाहिए। ऐसा जो मनुष्य जानता है केवल वही ज्ञानी है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"तुम जिसे सभी शरीरों का आश्रयरूप मानते हो, उस चेतनपुरुष को तो मैं जानता ही हूँ। जो पुरुष शरीर में रहता है, वही यह है। समझे न शाकल्य ?" तब शाकल्य ने पूछा—"उस पुरुष का देव कौन है ? याज्ञवल्क्य बोले—"अमृत।"

काम एव यस्यायतनꣳ हृदयं लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायं काममयः पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेति स्त्रिय इति होवाच ॥11॥

शाकल्य ने कहा—"काम जिसका निवासस्थान है, हृदय जिसकी आँख है, मन जिसकी ज्योति है, वह पुरुष सभी के शरीरों का आश्रयस्थान है, ऐसा जानना चाहिए। उसे जाननेवाला ही ज्ञानी कहलाता है समझे याज्ञवल्क्य ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"जो पुरुष सबके शरीर का बड़े से बड़ा आश्रयस्थान है, ऐसा जो तुमने कहा, उस काममय पुरुष को मैं जानता हूँ।" तब शाकल्य ने कहा—"उसका देव कौन है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"स्त्रियाँ हैं।"

रूपाण्येव यस्यायतनं चक्षुर्लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवासावादित्ये पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेति सत्यमिति होवाच ॥12॥

शाकल्य ने कहा—"रूप जिसका निवासस्थान है, आँख से जो देखता है, मन जिसकी ज्योति है, वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है, ऐसा जानना चाहिए। याज्ञवल्क्य! उसको ऐसा जाननेवाला ही ज्ञानी होता है (समझे ?)" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"जो तुमने कहा कि वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान होता है तो उस आदित्यस्थ पुरुष को मैं जानता ही हूँ।" तब शाकल्य ने कहा—"तो उसका देवता कौन है ? याज्ञवल्क्य बोले—"वह सत्य है।"

आकाश एव यस्यायतनꣳ श्रोत्रं लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायꣳ श्रौत्रः प्रातिश्रुत्कः पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेति दिश इति होवाच ॥13॥

शाकल्य ने कहा—"आकाश जिसका निवासस्थान है, कान जिसकी आँख है, मन जिसकी ज्योति है, वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है, ऐसा जानना चाहिए। हे याज्ञवल्क्य! उसको जाननेवाला ही ज्ञानी कहलाता है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"जो तुमने कहा कि वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है, उस प्रतिघोषात्मक पुरुष को तो मैं जानता ही हूँ।" तब शाकल्य ने कहा—"तो उसका देव कौन है?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"वह दिशाएँ हैं।"

तम एव यस्यायतनꣳ हृदयं लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायं छायामयः पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेति मृत्युरिति होवाच ॥14॥

शाकल्य बोला—"अंधकार जिसका निवासस्थान है, हृदय आँख है, मन ज्योति है, वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है—ऐसा जानना चाहिए। उसको जाननेवाला ही हे याज्ञवल्क्य! ज्ञानी कहलाता है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"जो तुमने कहा कि वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है, तो मैं उस छायामय पुरुष को जानता हूँ शाकल्य।" तब शाकल्य ने कहा—"उसका देव कौन है?" याज्ञवल्क्य बोले—"मृत्यु।"

रूपाण्येव यस्यायतनं चक्षुर्लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायमादर्शे पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेत्यसुरितिं होवाच ॥15॥

शाकल्य ने कहा—"रूप जिसका आश्रयस्थान है, जो आँख ही जिसकी शक्ति है, मन जिसकी ज्योति है, वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है, ऐसा जानना चाहिए। हे याज्ञवल्क्य! उसको जाननेवाला ही ज्ञानी कहलाता है"। तब याज्ञवल्क्य बोले—"जो तुमने कहा कि वह पुरुष सबका आश्रयस्थान है, उस दर्पणस्थ पुरुष को मैं जानता हूँ।" शाकल्य ने कहा—"उसका देव कौन है?" याज्ञवल्क्य बोले—"असु अर्थात् जीव।"

आप एव यस्यायतनꣳ हृदयं लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायमप्सु पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेति वरुण इति होवाच ॥16॥

शाकल्य ने कहा—"जल जिसका निवासस्थान है, हृदय आँख है, मन ज्योति है, उस पुरुष को सबका आश्रयस्थान है, ऐसा जानना चाहिए। उसको ऐसा जाननेवाला ही हे याज्ञवल्क्य! ज्ञानी समझा जाता है"। तब याज्ञवल्क्य बोले—"तुमने जो कहा कि वह पुरुष सबके शरीर का आश्रयस्थान है, तो मैं उस जलगत पुरुष को जानता हूँ शाकल्य।" तब शाकल्य बोला—"उसका देव कौन है?" याज्ञवल्क्य बोले—"वरुण।"

रेत एव यस्यायतनꣳ हृदयं लोको मनो ज्योतिर्यो वै तं पुरुषं विद्यात्सर्वस्यात्मनः परायणꣳ स वै वेदिता स्याद्याज्ञवल्क्य वेद वा अहं तं पुरुषꣳ सर्वस्यात्मनः परायणं यमात्थ य एवायं पुत्रमयः पुरुषः स एष वदैव शाकल्य तस्य का देवतेति प्रजापतिरिति होवाच ॥17॥

शाकल्य ने कहा—"वीर्य जिसका निवासस्थान है, हृदय आँख है, मन ज्योति है, वह पुरुष सबके आत्मा का बड़ा आश्रयस्थान है, ऐसा जानना चाहिए। जो पुरुष यह जानता है वही हे याज्ञवल्क्य! ज्ञानी कहलाता है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"तुम जिसे सबके शरीर का आश्रयस्थान कहते हो, उस पुत्रमय को तो मैं जानता हूँ शाकल्य।" तब शाकल्य बोला—"उसका देव कौन है?" याज्ञवल्क्य बोले—"प्रजापति।"

शाकल्येति होवाच याज्ञवल्क्यस्त्वाꣳ स्विदिमे ब्राह्मणा अङ्गारावक्षयणमक्रता 3 इति ॥18॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे शाकल्य! तुम्हें इन ब्राह्मणों ने अंगारे पकड़ने का चिमटा बना दिया है अर्थात् अपने स्वार्थ के लिए तुमको बलि का बकरा बना दिया है।

याज्ञवल्क्येति होवाच शाकल्यो यदिदं कुरुपाञ्चालानां ब्राह्मणानत्यवादीः किं ब्रह्म विद्वानिति दिशो वेद सदेवाः सप्रतिष्ठा इति यद्दिशो वेत्थ सदेवाः सप्रतिष्ठाः ॥19॥

शाकल्य बोला—"हे याज्ञवल्क्य! कुरुपांचाल देश के ब्राह्मणों के ऊपर तुम आक्षेप करते हो, तो क्या तुम ब्रह्म को जानते हो?" याज्ञवल्क्य बोले—"मैं दिशाओं को जानता हूँ।" तब शाकल्य बोला—"यदि तुम दिशाओं को, उनके देवों को और उनके आधारों को जानते हो, तब—

किंदेवतोऽस्यां प्राच्यां दिश्यसीत्यादित्यदेवत इति स आदित्यः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति चक्षुषीति कस्मिन्नु चक्षुः प्रतिष्ठितमिति रूपेष्विति चक्षुषा हि रूपाणि पश्यति कस्मिन्नु रूपाणि प्रतिष्ठितानीति हृदय इति होवाच हृदयेन हि रूपाणि जानाति हृदये ह्येव रूपाणि प्रतिष्ठितानि भवन्तीत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य ॥20॥

"हे याज्ञवल्क्य! कहो कि इस पूर्व दिशा में तुम किस रूप में हो?" याज्ञवल्क्य बोले—"आदित्यदेवतावाला हूँ।" शाकल्य बोला—"वह आदित्य कहाँ प्रतिष्ठित है?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"आँख में।" शाकल्य बोला—तब आँख किसमें प्रतिष्ठित है?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"रूपों में, क्योंकि मनुष्य चक्षु के द्वारा ही रूपों को देखता है।" शाकल्य बोला—"ये रूप किसमें प्रतिष्ठित हैं?" याज्ञवल्क्य बोले—"हृदय में, क्योंकि हृदय से ही मनुष्य रूपों को जानता है। हृदय में ही रूप प्रतिष्ठित हैं।" तब शाकल्य बोला—"हे याज्ञवल्क्य! ठीक है, ऐसा ही है।"

किं देवतोऽस्यां दक्षिणायां दिश्यसीति यमदेवत इति स यमः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति यज्ञ इति कस्मिन्नु यज्ञः प्रतिष्ठित इति दक्षिणायामिति कस्मिन्नु दक्षिणा प्रतिष्ठितेति श्रद्धायामिति यदा ह्येव श्रद्धत्तेऽथ दक्षिणां ददाति श्रद्धायाꣳ ह्येव दक्षिणा प्रतिष्ठितेति कस्मिन्नु श्रद्धा प्रतिष्ठितेति हृदय इति होवाच हृदयेन हि श्रद्धां जानाति हृदये ह्येव श्रद्धा प्रतिष्ठिता भवतीत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य ॥21॥

शाकल्य ने पूछा—"दक्षिण दिशा में आप किस रूप में हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"यमदेव के रूप में।" शाकल्य बोला—"वह यम किसमें रहते हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"यज्ञ में।" शाकल्य ने पूछा—"यज्ञ किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"दक्षिणा में।" तब शाकल्य ने पूछा—"दक्षिणा किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"श्रद्धा में ही प्रतिष्ठित है। जब मनुष्य श्रद्धा रखता है, तब दक्षिणा देता है। इसलिए श्रद्धा में ही दक्षिणा प्रतिष्ठित है। शाकल्य ने पूछा—"श्रद्धा किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हृदय में ही प्रतिष्ठित है। हृदय से ही श्रद्धा जानी जा सकती है। अतः हृदय में ही श्रद्धा प्रतिष्ठित है।" तब शाकल्य बोला—"हे याज्ञवल्क्य ! ठीक है, वह ऐसा ही है।"

किं देवतोऽस्यां प्रतीच्यां दिश्यसीति वरुणदेवत इति स वरुणः कस्मिन्प्रतिष्ठित इत्यप्स्विति कस्मिन्वापः प्रतिष्ठिता इति रेतसीति कस्मिन्नु रेतः प्रतिष्ठितमिति हृदय इति तस्मादपि प्रतिरूपं जातमाहुर्हृदयादिव सृप्तो हृदयादिव निर्मित इति हृदये ह्येव रेतः प्रतिष्ठितं भवतीत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य ॥22॥

शाकल्य ने पूछा—"पश्चिम दिशा में आप किस रूप में हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"वरुण के रूप में।" शाकल्य ने पूछा—"उन वरुण को किसका आधार है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"जल का।" शाकल्य ने पूछा—"जल को किसका आधार है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"वीर्य का।" शाकल्य ने पूछा—"वीर्य कहाँ प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हृदय में। इसलिए जब पिता जैसे रूपवाला पुत्र जन्मता है, तब लौकिक जन ऐसा कहते हैं कि 'मानो यह पिता के हृदय से ही निकला है। हृदय से ही बना है।' क्योंकि वीर्य हृदय के आधार से ही टिका हुआ है।" तब शाकल्य ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य। ठीक है, वह ऐसा ही है।"

किं देवतोऽस्यामुदीच्यां दिश्यसीति सोमदेवत इति स सोमः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति दीक्षायामिति कस्मिन्नु दीक्षा प्रतिष्ठितेति सत्य इति तस्मादपि दीक्षितमाहुः सत्यं वदेति सत्ये ह्येव दीक्षा प्रतिष्ठितेति कस्मिन्नु सत्यं प्रतिष्ठितमिति हृदय इति होवाच हृदयेन हि सत्यं जानाति हृदये ह्येव सत्यं प्रतिष्ठितं भवतीत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य ॥23॥

शाकल्य ने पूछा—"उत्तर में आप किस देववाले हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"सोमदेववाला।" शाकल्य बोला—"वह सोम किसमें प्रतिष्ठित है ? याज्ञवल्क्य बोले—"दीक्षा में।" शाकल्य बोला—"दीक्षा किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"सत्य में। इसीलिए दीक्षा लेनेवाले से कहा जाता है कि 'सत्य बोलो।' क्योंकि दीक्षा सत्य के आधार पर ही तो टिकी हुई है।" तब शाकल्य ने पूछा—"सत्य को किसका आधार है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हृदय का ही, क्योंकि मनुष्य हृदय से ही सत्य को जानता है। सत्य हृदय में ही रहता है। उसी के आधार पर सत्य टिका रहता है।" तब शाकल्य ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य ! वह ऐसा ही है।"

किं देवतोऽस्यां ध्रुवायां दिश्यसीत्यग्निदेवत इति सोऽग्निः कस्मिन्प्रतिष्ठित इति वाचीति कस्मिन्नु वाक्प्रतिष्ठितेति हृदय इति कस्मिन्नु हृदयं प्रतिष्ठितमिति ॥24॥

शाकल्य ने पूछा—"ध्रुवा (ऊपर की दिशा) में आप किस देव के रूप में हैं ?" याज्ञवल्क्य बोले—"अग्निदेव के रूप में।" शाकल्य बोला—"वह अग्नि किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"वाणी में।" शाकल्य बोला—"वाणी किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हृदय में।" शाकल्य ने पूछा—"हृदय किसमें प्रतिष्ठित है ?"

अहल्लिकेति होवाच याज्ञवल्क्यो यत्रैतदन्यत्रास्मन्मन्यासै यद्धयेतदन्यत्रास्मत्स्याच्छ्वानो वैनदद्युर्वयाꣳसि वैनद्विमथ्नीरन्निति ॥25॥

तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"ओ प्रेत ! यदि तुम ऐसा मानते हो कि हृदय इससे (आत्मा-शरीर) से अलग है, और यदि हृदय हमसे (शरीर से) अलग हो, तब तो कुत्ते इसको खा जाते और पक्षी इसको कुचल डालते।

कस्मिन्नु त्वं चात्मा च प्रतिष्ठितौ स्थ इति प्राण इति कस्मिन्नु प्राणः प्रतिष्ठित इत्यपान इति कस्मिन्नपानः प्रतिष्ठित इति व्यान इति कस्मिन्नु व्यानः प्रतिष्ठित इत्युदान इति कस्मिन्नूदानः प्रतिष्ठित इति समान इति स एष नेतिनेत्यात्माऽगृह्यो नहि गृह्यतेऽशीर्यो नहि शीर्यतेऽसङ्गो नहि सज्यतेऽसितो न व्यथते न रिष्यत्येतान्यष्टावायतनान्यष्टौ लोका अष्टौ देवा अष्टौ पुरुषाः स यस्तान्पुरुषान्निरुह्य प्रत्युह्यात्यक्रामत्तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि तं चेन्मे न विवक्ष्यसि मूर्धा ते विपतिष्यतीति तꣳ ह न मेने शाकल्यस्तस्य ह मूर्धा विपपातापि हास्य परिमोषिणोऽस्थीन्यपजह्रुरन्यन्मन्यमानाः ॥26॥

शाकल्य ने पूछा—"यह शरीर और आत्मा किसमें प्रतिष्ठित (आधारित) है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"प्राण में।" शाकल्य ने पूछा—"प्राण किसमें प्रतिष्ठित हैं ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"अपान में।" शाकल्य बोला—"और अपान किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"व्यान में।" शाकल्य ने पूछा—"व्यान किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"उदान में।" शाकल्य ने पूछा—"और उदान किसमें प्रतिष्ठित है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"समान में। यह आत्मा 'नेति नेति' कहकर ही बताया जा सकता है। वह पकड़ने योग्य नहीं है, क्योंकि वह पकड़ा नहीं जा सकता। वह अक्षीण (अक्षय) है, क्योंकि उसका क्षय नहीं होता। वह असंग है, क्योंकि वह कहीं चिपकता नहीं। वह बद्ध नहीं है, वह दुःखी नहीं होता, वह किसी से मारा नहीं जा सकता। ये आठ निवासस्थान हैं, आठ लोक हैं, आठ देव हैं, आठ पुरुष हैं। इन आठ पुरुषों को ठीक तरह से जान लेने पर अपनी बुद्धि में इकट्ठा करके उपाधि के धर्मों को मनुष्य पार कर जाता है। उसका ज्ञान उपनिषदों से ही मिलता है। उस परम पुरुष के बारे में मैं तमसे पूछता हूँ (हे शाकल्य !) यदि वह तुम मुझे नहीं समझा पाओगे, तो तुम्हारा मस्तक नीचे गिर पड़ेगा।" शाकल्य तो उस (औपनिषद् पुरुष को) जानता नहीं था इसलिए उसका मस्तक नीचे गिर पड़ा। चोर लोग तो (कुछ और होगा ऐसा मानकर) उसकी हड्डियाँ तक उठा ले गए।

अथ होवाच ब्राह्मणा भगवन्तो यो वः कामयते स मा पृच्छतु सर्वे वा मा पृच्छत यो वः कामयते तं वः पृच्छामि सर्वान्वा वः पृच्छामीति ते ह ब्राह्मणा न दधृषुः ॥27॥

फिर उन्होंने (याज्ञवल्क्य ने) कहा—"हे पूजनीय ब्राह्मणो ! आपमें से जिस किसी की भी इच्छा हो वह मुझसे प्रश्न पूछे या आप सभी पूछें। अथवा तो मैं आपमें से किसी एक से या आप सभी से प्रश्न पूछूँ।" पर ब्राह्मणों की ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं पड़ी।

तान् हैतैः श्लोकैः पप्रच्छ–

यथा वृक्षो वनस्पतिस्तथैव पुरुषोऽमृषा।
तस्य लोमानि पर्णानि त्वगस्योत्पाटिका बहिः ॥(1)॥

फिर याज्ञवल्क्य ने उनसे इन श्लोकों के द्वारा उनसे पूछा—

"वृक्ष जिन विशालता आदि गुणों से युक्त है, इसी प्रकार पुरुष (जीव का शरीर) भी तो वैसा ही (उन्हीं गुणों से सम्पन्न) होता है, यह बात बिल्कुल सही है। पुरुष के लोम (रोंगटे) होते हैं, और वृक्ष के पत्ते होते हैं। पुरुष के बाहर त्वचा होती है, तो वृक्ष के बाहर में छिलका होता है।

त्वच एवास्य रुधिरं प्रस्यन्दि त्वच उत्पटः।
तस्मात्तदा तृण्णात्प्रैति रसो वृक्षादिवाहतात् ॥(2)॥

इस पुरुष की त्वचा में से ही लहू निकलता है वैसे ही वृक्ष के छिलके से रस द्रवित होता है। इससे (इस साम्य से) काटे हुए वृक्ष में से जैसे रस निकलता है, वैसे ही जख्मी पुरुष से लहू निकलता है।

माꣳसान्यस्य शकराणि किनाटꣳ स्नाव तत्स्थिरम्।
अस्थीन्यन्तरतो दारूणि मज्जा मज्जोपमा कृता ॥(3)॥

मनुष्य के शरीर में मांस होता है, तो वृक्ष में भी छिलके का भीतर का भाग (शकर), तथा (रेशे) उसके भी भीतर का भाग (किनाट) होता है। वह स्थिर है। पुरुष के स्नायुजाल के भीतर जैसे हड्डियाँ होती हैं, वैसे ही वृक्ष में किनाट (रेशे) आदि के भीतर काष्ठ होते हैं। मज्जा तो दोनों में ही मज्जा-रूप में निश्चित की गई है।

यद्वृक्षो वृक्णो रोहति मूलान्नवतरः पुनः।
मर्त्यः स्विन्मृत्युना वृक्णः कस्मान्मूलात्प्ररोहति ॥(4)॥

वृक्ष के काटे जाने पर भी वह मूल में से नए सिरे से अंकुरित होता है, उसी तरह मृत्यु के द्वारा काटे जाने पर भी मनुष्य किस मूल में से फिर से अंकुरित होता है (उग निकलता है) ?

रेतस इति मा वोचत जीवतस्तत्प्रजायते।
धानरुह इव वै वृक्षोऽञ्जसा प्रेत्यसम्भवः ॥(5)॥

ऐसा मत कहो कि वह वीर्य से उत्पन्न होता है। क्योंकि वीर्य तो जीवित मनुष्य से ही उत्पन्न होता है। पुरुष की तरह वृक्ष भी बीज से ही उत्पन्न होता है, परन्तु वह तो नष्ट होने के बाद भी फिर-फिर से उत्पन्न हुआ करता है, जबकि पुरुष तो मरने के बाद फिर जीवित नहीं होता।

यत्समूलमावृहेयुर्वृक्षं न पुनराभवेत्।
मर्त्यः स्विन्मृत्युना वृक्णः कस्मान्मूलात्प्ररोहति ॥(6)॥

यदि वृक्ष को मूलसहित उखाड़ दिया जाए, तो वह फिर से नहीं उगता। उसी प्रकार यदि मृत्यु मनुष्य को काट डाले, तो फिर वह किस मूल से उगेगा ?

जात एव न जायते को न्वेवं जनयेत्पुनः।
विज्ञानमानन्दं ब्रह्म रातिर्दातुः परायणं तिष्ठमनस्य तद्विद इति ॥(7)28॥
इति नवमं ब्राह्मणम्॥
इति बृहदारण्यकोपनिषदि तृतीयोऽध्यायः ॥3॥

(हे ब्राह्मणो !) यदि आप ऐसा मानें कि "वह पुरुष तो उत्पन्न हो ही गया है, इससे वह फिर से उत्पन्न नहीं होता।'—तो वह ठीक नहीं है। वह फिर से जन्मता तो है ही। तो (मैं पूछता हूँ कि—) उसे कौन जन्म देता है ?" (याज्ञवल्क्य के प्रश्न का उत्तर जब ब्राह्मण लोग न दे सके, तब याज्ञवल्क्य ने स्वयं उत्तर देते हुए कहा कि—) "ब्रह्म विज्ञानरूप है, आनन्दरूप है, वह दानी (त्यागी) यजमान की परम गति है। वह परमज्ञानी (ब्रह्मवेत्ता) का चरम लक्ष्य है।

(यहाँ नौवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

यहाँ बृहदारण्यकोपनिषद् में तीसरा अध्याय समाप्त होता है।

❋

अथ चतुर्थोऽध्यायः

प्रथमं ब्राह्मणम्

ॐ जनको ह वैदेह आसाञ्चक्रेऽथ ह याज्ञवल्क्य आवव्राज तꣳ होवाच याज्ञवल्क्य किमर्थमचारीः पशूनिच्छन्नण्वन्तानीत्युभयमेव सम्राडिति होवाच ॥1॥

विदेह जनक आसन पर बैठे हुए थे तब उनके पास याज्ञवल्क्य आए। उन याज्ञवल्क्य से जनक ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य ! किस हेतु से यहाँ आप आए हैं ? क्या पशुओं की इच्छा से आए हैं अथवा सूक्ष्म वस्तु के निर्णायक प्रश्नों को सुनने के लिए आए हैं ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे राजा ! दोनों के लिए आया हूँ।"

यत्ते कश्चिदब्रवीत्तच्छृणवामेत्यब्रवीन्मे जित्वा शैलिनिर्वाग्वै ब्रह्मेति यथा मातृमान्पितृमानाचार्यवान्ब्रूयात्तथा तच्छैलिनिरब्रवीद्वाग्वै ब्रह्मेत्यवदतो हि किꣳ स्यादित्यब्रवीत्तु ते तस्यायतनं प्रतिष्ठां न मेऽब्रवीदित्येकपाद्वा एतत्सम्राडिति स वै नो ब्रूहि याज्ञवल्क्य। वागेवायतनमाकाशः प्रतिष्ठा प्रज्ञेत्येनदुपासीत का प्रज्ञा याज्ञवल्क्य वागेव सम्राडिति होवाच वाचा वै सम्राड् बन्धुः प्रज्ञायत ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानीष्टꣳ हुतमाशितं पायितमयं च लोकः परश्च लोकः सर्वाणि च भूतानि वाचैव सम्राट् प्रज्ञायन्ते वाग्वै सम्राट् परमं ब्रह्म नैनं वाग्जहाति सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति देवो भूत्वा देवानप्येति य एवं विद्वानेतदुपास्ते हस्त्यृषभꣳ सहस्रं ददामीति होवाच जनको वैदेहः स होवाच याज्ञवल्क्यः पिता मेऽमन्यत नाननुशिष्य हरेतेति ॥2॥

याज्ञवल्क्य ने आगे कहा—"यदि किसी ने तुम्हें किसी सत्य की बात बताई हो, तो हम सुनना चाहते हैं।" तब जनक बोले—"शिलिनपुत्र जित्वा ने मुझे कहा था कि 'वाणी' ही ब्रह्म है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"जैसे कोई मातावाला, पितावाला, आचार्यवाला कहे, वैसा ही तुम्हें शिलिनपुत्र जित्वा ने बताया कि 'वाणी ब्रह्म है।' क्योंकि जो मनुष्य बोल ही न सकता हो, उसकी दशा कैसी होती है ? पर उस ब्रह्म का निवासस्थान क्या है, वह किसके आधार पर टिका हुआ है, आदि उसने तुम्हें बताया है क्या ?" जनक ने कहा—"नहीं जी !" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"तब तो वह ब्रह्म का केवल एक ही अंश हुआ।" तब जनक बोले—"तो हे याज्ञवल्क्य ! आप मुझे वह समझाइए।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"वाणी ही उसका निवासस्थान है, आकाश उसका आधार है, उस ब्रह्म की प्रज्ञा (ज्ञान) के रूप में उपासना करनी चाहिए।" तब जनक ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य ! प्रज्ञा क्या है ?" तब याज्ञवल्क्य बोले—"हे सम्राट् ! वाणी ही प्रज्ञा है। हे सम्राट् ! वाणी से ही मित्र को पहचाना जा सकता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषदें, श्लोक, सूत्र, टीकाएँ, भाष्य, यज्ञ, होम, अन्य को खिलाया गया अन्न, पिलाया हुआ पानी, यह लोक, परलोक, और इन सब प्राणियों को वाणी से ही जाना जा सकता है। हे सम्राट् ! वाणी परब्रह्म ही है, ऐसा जानकर जो उसकी उपासना करता है, तो वाणी कभी उसका त्याग नहीं करती। सभी प्राणी उसको उपहार आदि देते हैं। वह देव बनकर देवों के पास जाता है।" तब विदेह के राजा जनक ने कहा—

"मैं आपको हाथी जैसे बैल उत्पन्न करनेवाली हजार गायों का झुण्ड देता हूँ।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा कि—"मेरे पिता का ऐसा मत था कि शिष्य को पूरी शिक्षा दिए बिना उससे धन नहीं लेना चाहिए।"

यदेव ते कश्चिदब्रवीत्तच्छृणवामेत्यब्रवीन्म उदङ्कः शौल्बायनः प्राणो वै ब्रह्मेति यथा मातृमान्पितृमानाचार्यवान्ब्रूयात्तथा तच्छौल्बायनोऽब्रवीत्प्राणो वै ब्रह्मेत्यप्राणतो हि किꣳ स्यादित्यब्रवीत्तु ते तस्यायतनं प्रतिष्ठां न मेऽब्रवीदित्येकपाद्वा एतत्सम्राडिति स वै नो ब्रूहि याज्ञवल्क्य प्राण एवायतनमाकाशः प्रतिष्ठा प्रियमित्येनदुपासीत का प्रियता याज्ञवल्क्य प्राण एव सम्राडिति होवाच प्राणस्य वै सम्राट् कामायायाज्यं याजयत्यप्रतिगृह्यस्य प्रतिगृह्णात्यपि तत्र वधाशङ्कं भवति यां दिशमेति प्राणस्यैव सम्राट् कामाय प्राणो वै समाट् परमं ब्रह्म नैनं प्राणो जहाति सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति देवो भूत्वा देवानप्येति य एवंविद्वानेतदुपास्ते हस्त्यृषभꣳ सहस्रं ददामीति होवाच जनको वैदेहः स होवाच याज्ञवल्क्यः पिता मेऽमन्यत नाननुशिष्य हरेतेति ॥3॥

याज्ञवल्क्य ने फिर कहा—"तुम्हें जिस किसी ने (ज्ञान की बात) बताई हो, उसे हम सुनना चाहते हैं।" जनक बोले—"शुल्वपुत्र उदक ने मुझसे कहा था कि—'प्राण' ब्रह्म है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"जैसे कोई मातावाला, पितावाला, आचार्यवाला मनुष्य कहता हो, वैसे ही तुम्हें शुल्वपुत्र उदक ने बताया है कि 'प्राण ब्रह्म है।' क्योंकि यदि मनुष्य में प्राण न हो तो उसकी कैसी दशा होती ? परन्तु इस प्राण का निवासस्थान क्या है और वह किसके आधार पर टिका है, वह तुम्हें उसने बताया है क्या ?" जनक बोले—"नहीं जी", तब याज्ञवल्क्य बोले—"सम्राट् ! तब तो वह ब्रह्म का एक अंश ही हुआ !" तब जनक बोले—"हे याज्ञवल्क्य ! तो आप मुझे यह बताइए।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"प्राण उसका निवासस्थान है, और आकाश उसका आधार है। उस ब्रह्म की प्रिय के रूप में उपासना करनी चाहिए।" जनक बोले—"हे याज्ञवल्क्य ! वह प्रिय क्या है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हे सम्राट् ! प्राण ही प्रिय है। हे सम्राट् ! प्राण को टिकाए रखने के लिए ही मनुष्य यज्ञ के अनधिकारी को भी यज्ञ करवा देते हैं, अयोग्य दाता से भी दान ले लेते हैं। हे सम्राट् ! मनुष्य प्राण टिकाने के लिए ही तो वह जिस दिशा में वध की शंका होती है, उस दिशा की ओर भी जाता है। हे सम्राट् ! 'प्राण परम ब्रह्म है' ऐसा जानकर जो मनुष्य उसकी उपासना करता है उसे प्राण कभी नहीं त्यागता है। सभी प्राणी उसे उपहारादि देकर उसका उपकार करते हैं। वह दैव बनकर देवों के पास जाता है"। तब विदेहराज जनक ने कहा—"जिन गायों से हाथी के आकार वाले बैल उत्पन्न होते हैं, ऐसी हजार गायें मैं आपको देता हूँ।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"मेरे पिता ऐसा मानते थे कि शिष्य को पूर्ण शिक्षा दिए बिना उसके पास से कुछ लेना नहीं चाहिए।"

यदेव ते कश्चिदब्रवीत्तच्छृणवामेत्यब्रवीन्मे बर्कुर्वार्ष्णश्चक्षुर्वै ब्रह्मेति यथा मातृमान्पितृमानाचार्यवान्ब्रूयात्तथा तद्वार्ष्णोऽब्रवीच्चक्षुर्वै ब्रह्मेत्यपश्यतो हि किꣳ स्यादित्यब्रवीत्तु ते तस्यायतनं प्रतिष्ठां न मेऽब्रवीदित्येकपाद्वा एतत्सम्राडिति स वै नो ब्रूहि याज्ञवल्क्य चक्षुरेवायतनमाकाशः प्रतिष्ठा सत्यमित्येनदुपासीत का सत्यता याज्ञवल्क्य चक्षुरेव सम्राडिति होवाच चक्षुषा वै सम्राट् पश्यन्तमाहुरद्राक्षीरिति स आहाद्राक्षमिति तत्सत्यं

भवति चक्षुर्वै सम्राट् परमं ब्रह्म नैनं चक्षुर्जहाति सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति देवो भूत्वा देवानप्येति य एवं विद्वानेतदुपास्ते हस्त्यृषभः सहस्रं ददामीति होवाच जनको वैदेहः स होवाच याज्ञवल्क्यः पिता मेऽमन्यत नानुशिष्य हरेतेति ॥4॥

याज्ञवल्क्य फिर बोले—"तुम्हें और किसी ने कुछ ज्ञान की बात बताई हो, तो हम सुनना चाहते हैं।" तब जनक बोले—"वृष्ण-पुत्र बर्कु ने मुझसे कहा है कि—"चक्षु ही ब्रह्म है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"जैसे मातावाला, पितावाला, आचार्यवाला पुरुष कहता है, उसी तरह वृष्णपुत्र ने तुम्हें बताया है कि चक्षु ही ब्रह्म है। न देखनेवाले की कैसी दशा होती है ? परन्तु उसने उसका निवासस्थान और उसका आधार क्या है, वह तुम्हें बताया है क्या ?" जनक बोला—"नहीं जी।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"तब तो हे सम्राट्! वह तो ब्रह्म का एक अंश ही हुआ।" तब जनक ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य! तब आप ही मुझे यह समझाइए।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"चक्षु ही इसका निवासस्थान है और आकाश उसका आधार है। उसे सत्य मानकर उसकी उपासना करनी चाहिए।" तब जनक बोले—"वह सत्यता क्या है याज्ञवल्क्य!" तब याज्ञवल्क्य बोले—"हे सम्राट्! चक्षु ही तो (सत्यता) है, क्योंकि आँख से देखनेवाले से यदि कोई पूछे कि—"क्या तुमने देखा ?" और यदि वह उत्तर दे कि—'हाँ देखा', तो वह सत्य साबित होता है। हे सम्राट्! 'चक्षु ही परम ब्रह्म है' ऐसा जानने वाले उपासक का चक्षु कभी त्याग नहीं करता है, सभी प्राणी उसे उपहार देकर उसका उपकार करते हैं। वह देव होकर देवों से मिलता है।" तब जनक वैदेह ने कहा—"हाथी के आकार वाले बैलों को उत्पन्न करनेवाली हजार गायें मैं आपको देता हूँ।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"मेरे पिता मानते थे कि पूर्ण शिक्षा दिए बिना शिष्य से कुछ भी लेना नहीं चाहिए।

यदेव ते कश्चिदब्रवीत्तच्छृणवामेत्यब्रवीन्मे गर्दभीविपीतो भारद्वाजः श्रोत्रं वै ब्रह्मेति यथा मातृमान्पितृमानाचार्यवान्ब्रूयात्तथा तद्भारद्वाजोऽब्रवीच्छ्रोत्रं वै ब्रह्मेत्यशृण्वतो हि किꣳ स्यादित्यब्रवीत्तु ते तस्यायतनं प्रतिष्ठां न मेऽब्रवीदित्येकपाद्वा एतत्सम्राडिति स वै नो ब्रूहि याज्ञवल्क्य श्रोत्रमेवायतनमाकाशः प्रतिष्ठाऽनन्त इत्येनदुपासीत कानन्तता याज्ञवल्क्य दिश एव सम्राडिति होवाच तस्माद्वै सम्राडपि यां कां च दिशं गच्छति नैवास्या गच्छत्यनन्ता हि दिशो दिशो वै सम्राट् श्रोत्रꣳ श्रोत्रं वै सम्राट् परमं ब्रह्म नैनꣳ श्रोत्रं जहाति सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति देवो भूत्वा देवानप्येति य एवं विद्वानेतदुपास्ते हस्त्यृषभꣳ सहस्रं ददामीति होवाच जनको वैदेहः स होवाच याज्ञवल्क्यः पिता मेऽमन्यत नानुशिष्य हरेतेति ॥5॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"जिस किसी ने तुम्हें सत्य के बारे में बताया हो, वह हम सुनना चाहते हैं।" तब जनक ने कहा—"भारद्वाज गोत्र के गर्दभीविपीत ने मुझे बताया है कि 'कान ब्रह्म है।' याज्ञवल्क्य ने कहा—"जैसे मातावाला, पितावाला, आचार्यवाला मनुष्य कहता हो, वैसे ही भरद्वाज गोत्र के गर्दभीविपीत ने तुम्हें बताया कि 'कान ब्रह्म है।' क्योंकि नहीं सुनने वाले की कैसी दशा होती है ? परन्तु उस ब्रह्म का निवासस्थान कहाँ है, उसका आधार क्या है, इसके बारे में बताया है क्या ?" जनक बोले—"वह तो नहीं कहा था।" तब याज्ञवल्क्य बोले—'हे सम्राट्! वह तो ब्रह्म का एक ही अंश हुआ"। तब जनक बोले—"हे याज्ञवल्क्य! तब अब आप मुझे इस विषय में समझाइए।" तब

याज्ञवल्क्य बोले—"कान उसका निवासस्थान है, आकाश उसका आधार है। उस ब्रह्म को 'अनन्त' मानकर उसकी उपासना करनी चाहिए।" तब जनक ने कहा—"हे याज्ञवल्क्य! वह अनन्तता क्या है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हे सम्राट्! दिशाएँ ही अनन्तता है। इसीलिए हे सम्राट्! मनुष्य यदि किसी भी दिशा में जाए, तो भी उसके अन्त तक नहीं पहुँच सकता। क्योंकि दिशाओं का कोई अन्त ही नहीं है। हे सम्राट्! दिशाएँ ही कान हैं। जो मनुष्य 'कान ही ब्रह्म है'—ऐसा समझकर उसकी उपासना करता है, उसे कान कभी नहीं छोड़ते। सभी प्राणी उसे उपहार देते हैं। वह देव बनकर देवों के पास जाता है।" तब विदेह के राजा जनक ने कहा—"हाथी के आकार वाले बैल उत्पन्न करनेवाली हजार गायें मैं देता हूँ।' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"मेरे पिता ऐसा मानते थे कि शिष्य को पूर्ण शिक्षा दिये बिना उससे कुछ भी लेना नहीं चाहिए।"

यदेव ते कश्चिदब्रवीत्तच्छृणवामेत्यब्रवीन्मे सत्यकामो जाबालो मनो वै ब्रह्मेति यथा मातृमान्पितृमानाचार्यवान्ब्रूयात्तथा तज्जाबालोऽब्रवीन्मनो ब्रह्मेत्यमनसो हि किꣳ स्यादित्यब्रवीत्तु ते तस्यायतनं प्रतिष्ठां न मेऽब्रवीदित्येकपाद्वा एतत्सम्राडिति स वै नो ब्रूहि याज्ञवल्क्य मन एवायतनमाकाशः प्रतिष्ठाऽऽनन्द इत्येनदुपासीत का आनन्दता याज्ञवल्क्य मन एव सम्राडिति होवाच मनसा वै सम्राट् स्त्रियमभिहार्यते तस्यां प्रतिरूपः पुत्रो जायते स आनन्दो मनो वै सम्राट् परमं ब्रह्म नैनं मनो जहाति सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति देवो भूत्वा देवानप्येति य एवंविद्वानेतदुपास्ते हस्त्यृषभꣳ सहस्रं ददामीति होवाच जनको वैदेहः स होवाच याज्ञवल्क्यः पिता मेऽमन्यत नानुशिष्य हरेतेति ॥6॥

याज्ञवल्क्य बोले—"जिस किसी ने तुम्हें सत्य के बारे में कुछ कहा हो, उसे हम सुनना चाहते हैं"। तब जनक बोले—"सत्यकाम जाबाल ने कहा है कि 'मन ब्रह्म है।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"जैसे मातावाला, पितावाला, आचार्यवाला मनुष्य कहता है, वैसे ही वह जाबाल बोला है कि 'मन ही ब्रह्म है।' मनरहित मनुष्य की कैसी दशा होती है ? परन्तु, उसने यह बताया कि उसका निवासस्थान कहाँ है और उसका आधार क्या है ? जनक बोले—"वह तो नहीं बताया!" तब याज्ञवल्क्य बोले—"तब तो हे सम्राट्! वह ब्रह्म का एक ही अंश हुआ।" तब जनक बोले—"आप ही मुझे इस बारे में कहिए हे याज्ञवल्क्य।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"मन ही उसका निवासस्थान है और आकाश उसका आधार है। इसकी 'आनन्द' रूप में उपासना करनी चाहिए।" तब जनक ने पूछा—"हे याज्ञवल्क्य! आनन्दता क्या है ?" याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे सम्राट्! वह मन ही है। मन से ही मनुष्य स्त्री के पास जाता है और उसकी प्रार्थना करता है। उसके द्वारा अपने जैसा ही पुत्र उत्पन्न होता है। हे सम्राट्! वह आनन्दस्वरूप है। मन को ही परब्रह्म मानकर जो मनुष्य उसकी उपासना करता है उसे मन कभी छोड़ता नहीं। सभी प्राणी उसे उपहार देते हैं। वह देव बनकर देवों के पास जाता है।" तब विदेहराज जनक ने कहा—"हाथी के आकार वाले बैल उत्पन्न करनेवाली एक हजार गायें मैं आपको देता हूँ।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"मेरे पिता ऐसा मानते थे कि शिष्य को पूर्ण शिक्षा दिए बिना उससे कुछ नहीं लेना चाहिए।"

यदेव ते कश्चिदब्रवीत्तच्छृणवामेत्यब्रवीन्मे विदग्धः शाकल्यो हृदयं वै ब्रह्मेति यथा मातृमान्पितृमानाचार्यवान्ब्रूयात्तथा तच्छाकल्योऽब्रवीद्धृदयं

वै ब्रह्मेत्यहृदयस्य हि किꣳ स्यादित्यब्रवीत्तु ते तस्यायतनं प्रतिष्ठां न मेऽब्रवीदित्येकपाद्वा एतत्सम्राडिति स वै नो ब्रूहि याज्ञवल्क्य हृदयमेवायतनमाकाशः प्रतिष्ठा स्थितिरित्येनदुपासीत का स्थितता याज्ञवल्क्य हृदयमेव सम्राडिति होवाच हृदयं वै सम्राट् सर्वेषां भूतानामायतनꣳ हृदयं वै सम्राट् सर्वेषां भूतानां प्रतिष्ठा हृदये ह्येव सम्राट् सर्वाणि भूतानि प्रतिष्ठितानि भवन्ति हृदयं वै सम्राट् परमं ब्रह्म नैनꣳ हृदयं जहाति सर्वाण्येनं भूतान्यभिक्षरन्ति देवो भूत्वा देवानप्येति य एवं विद्वानेतदुपास्ते हस्त्यृषभꣳ सहस्रं ददामीति होवाच जनको वैदेहः स होवाच याज्ञवल्क्यः पिता मेऽमन्यत नानुशिष्य हरेतेति ॥7॥

इति प्रथमं ब्राह्मणम् ॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—जिस किसी ने तुम्हें सत्य के विषय में जो कुछ कहा हो उसे हम सुनना चाहते हैं। जनक बोले—"शकलपुत्र विदग्ध ने मुझसे कहा था कि हृदय ही ब्रह्म है।" याज्ञवल्क्य ने कहा—"जैसे कोई मातृमान, पितृमान, आचार्यवान कहता हो, उसी तरह उस शाकल्य ने तुमसे कह दिया है कि 'हृदय ही ब्रह्म है'। हृदयविहीन की कैसी दशा होती है ? परन्तु, उसने क्या तुम्हें उसके निवासस्थान और आधार के बारे में कुछ कहा है ?" जनक बोला—"नहीं जी।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"हे सम्राट् ! वह तो ब्रह्म का एक ही अंश हुआ।" तब जनक बोले—"तो आप उसे मेरे लिए कह दीजिए।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"हृदय ही उसका निवासस्थान है, और आकाश उसका आधार है। उस ब्रह्म की स्थिरता के रूप में उपासना करनी चाहिए।" तब जनक ने पूछा—"वह स्थिरता का क्या अर्थ है ?" याज्ञवल्क्य बोले—"हे सम्राट् ! हृदय ही स्थिरता है। हृदय ही प्राणीमात्र का निवासस्थान है। हे सम्राट् ! जो मनुष्य हृदय को परब्रह्म मानकर उसकी उपासना करता है, उसे हृदय कभी छोड़ता नहीं। सभी प्राणी उसे उपहार देते हैं, वह देव होकर देवों से मिल जाता है।" तब विदेहराज जनक ने कहा—"हाथी के आकार वाले बैल उत्पन्न करनेवाली हजार गायें मैं तुम्हें देता हूँ।" तब याज्ञवल्क्य बोले—"मेरे पिता का यह मत था कि शिष्य को पूरी शिक्षा दिए बिना उससे कुछ भी नहीं लेना चाहिए"।

(यहाँ पहला ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयं ब्राह्मणम्

जनको ह वैदेहः कूर्चादुपावसर्पन्नुवाच नमस्तेऽस्तु याज्ञवल्क्यानु मा शाधीति स होवाच यथा वै सम्राण्महान्तमध्वानमेष्यन् रथं वा नावं वा समाददीतैवमेवैताभिरुपनिषद्भिः समाहितात्मास्येवं वृन्दारक आढ्यः सन्नधीतवेद उक्तोपनिषत्क इतो विमुच्यमानः क्व गमिष्यसीति नाहं तद् भगवन्वेद यत्र गमिष्यामीत्यथ वै तेऽहं तद्वक्ष्यामि यत्र गमिष्यसीति ब्रवीतु भगवानिति ॥1॥

राजा जनक विशिष्ट आसन पर से उठकर उन (याज्ञवल्क्य) के पास जाकर प्रणाम करके बोले—"हे याज्ञवल्क्य ! आपको नमस्कार हो। मुझे ज्ञानोपदेश दीजिए।" याज्ञवल्क्य ने कहा—"हे सम्राट् ! लम्बी यात्रा पर जाने का इच्छुक आदमी जैसे रथ या नाव को धारण करता है, वैसे ही तुम

इन उपनिषदों से प्रामाणित प्राण आदि ब्रह्म की उपासना करके गूढ ज्ञान से समाहित चित्तवाले हुए हो। (अर्थात् आत्मा में एकाग्र चित्तवाले हुए हो)। इसीलिए तुम सम्माननीय हो, धनिक हो, वेदाभ्यासी हो, गुरुओं के द्वारा तुम्हें उपनिषदों का ज्ञान दिया गया है। परन्तु तुम क्या यह जानते हो कि तुम इस देह में से छूटकर कहाँ जाओगे ?" जनक ने कहा—"नहीं भगवन् ! मुझे पता नहीं कि मैं कहाँ जाऊँगा।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"मैं तुम्हें बतलाऊँगा कि तुम कहाँ जाओगे।" तब जनक ने कहा—"कहिए भगवन् !"

इन्धो ह वै नामैष योऽयं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषस्तं वा एतमिन्धꣳ सन्तमिन्द्र इत्याचक्षते परोक्षेणैव परोक्षप्रिया इव हि देवाः प्रत्यक्षद्विषः ॥2॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—दाहिनी आँख में जो (चेतन) पुरुष रहता है, वह 'इन्ध' नाम का है। वह है तो 'इन्ध' ही, परन्तु लोग उसे 'इन्द्र' ऐसे परोक्ष (गूढ) अर्थवाले नाम से कहते हैं। मानो देवों को गूढ अर्थ वाले नाम ही पसन्द आते हों और स्पष्ट अर्थवाले नामों से वे द्वेष करते हों ऐसा लगता है।

अथैतद्वामेऽक्षणि पुरुषरूपमेषास्य पत्नी विराट् तयोरेष सꣳस्तावो य एषोऽन्तर्हृदय आकाशोऽथैनयोरतदन्नं य एषोऽन्तर्हृदये लोहितपिण्डोऽथैनयोरेतत्प्रावरणं यदेतदन्तर्हृदये जालकमिवाथैनयोरेषा सृतिः संचरणी यैषा हृदयादूर्ध्वा नाड्युच्चरति यथा केशः सहस्रधा भिन्न एवमस्यैता हिता नाम नाड्योऽन्तर्हृदये प्रतिष्ठिता भवन्त्येताभिर्वा एतदास्रवदास्रवति तस्मादेष प्रविविक्ताहारतर इवैव भवत्यस्माच्छारीरादात्मनः ॥3॥

बायीं आँख में जो मनुष्यरूप है, वह उसकी पत्नी विराज है। हृदय में जो आकाश (खाली स्थान) है वह इन दोनों का मिलनस्थान है। और हृदय में जो यह लहू का पिण्ड है, वह उन दोनों का अन्न (खाद्य) है। और हृदय में जो यह जाल जैसा है, वह उन दोनों की ओढ़ने की चादर है। और हृदय से जो नाड़ी ऊपर जाती है वह उन दोनों का घूमने का रास्ता है। और बाल के सहस्र भाग जैसी सूक्ष्म हिता नाम की जो नाड़ियाँ हृदय के भीतर हैं, इन्हीं के द्वारा ग्रहण किये गये अन्न का प्रवाह सम्पूर्ण शरीर में होता है, इसलिए बाहर के इस शरीररूपी आत्मा से उस भीतर के आत्मा को अधिक स्वच्छ आहार मिलता है।

तस्य प्राची दिक् प्राञ्चः प्राणा दक्षिणा दिग्दक्षिणे प्राणाः प्रतीची दिक् प्रत्यञ्चः प्राणा उदीची दिगुदञ्चः प्राणा ऊर्ध्वा दिगूर्ध्वाः प्राणा अवाची दिगवाञ्चः प्राणाः सर्वा दिशः सर्वे प्राणाः स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो नहि गृह्यतेऽशीर्यो नहि शीर्यतेऽसङ्गो नहि सज्यतेऽसितो न व्यथते न रिष्यत्यभयं वै जनक प्राप्तोऽसीति होवाच याज्ञवल्क्यः स होवाच जनको वैदेहोऽभयं त्वा गच्छताद्याज्ञवल्क्य यो नो भगवन्नभयं वेदयसे नमस्तेऽस्त्विमे विदेहा अयमहमस्मि ॥4॥

इति द्वितीयं ब्राह्मणम् ॥

पूर्व दिशा इस आत्मा का पूर्वीय प्राण है, दक्षिण दिशा उसका दक्षिण का प्राण है, पश्चिम दिशा उसका पश्चिमी प्राण है, उत्तर दिशा उसका उत्तरी प्राण है, ऊपर की दिशा उसका ऊपर का प्राण है, निचली दिशा उसका निचला प्राण है, सभी दिशाएँ उस आत्मा के अलग-अलग प्राण हैं। वह आत्मा

'नेति नेति' कहकर ही बताया जा सकता है। वह पकड़ने योग्य नहीं है, इसलिए पकड़ा नहीं जा सकता, वह क्षययोग्य नहीं है इसलिए वह क्षीण नहीं होता, वह असंग है इसलिए कहीं आसक्त नहीं होता, वह विनाश्य नहीं है, उसको कुछ दुःख नहीं होता। वह कभी भी नष्ट नहीं होता। तुम निर्भय हो गए हो जनक !''—ऐसा याज्ञवल्क्य ने कहा। तब विदेह के राजा जनक ने कहा—''याज्ञवल्क्य ! आप भी निर्भय हों। क्योंकि आप ही तो हमें उस अभयरूप ब्रह्म का ज्ञान देते हैं। इसलिए मैं आपको वन्दन करता हूँ। यह रहा विदेह देश और यह रहा मैं।'' (सब आपका ही है।)

(यहाँ दूसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

तृतीयं ब्राह्मणम्

जनकꣳ ह वैदेहं याज्ञवल्क्यो जगाम स मेने न वदिष्य इत्यथ ह यज्जन-
कश्च वैदेहो याज्ञवल्क्यश्चाग्निहोत्रे समूदाते तस्मै ह याज्ञवल्क्यो वरं ददौ
स ह कामप्रश्नमेव वव्रे तꣳहास्मै ददौ तꣳ ह सम्राडेव पूर्वं पप्रच्छ ॥1॥

विदेहराज जनक के यहाँ याज्ञवल्क्य गए। उन्होंने 'मैं नहीं बोलूँगा'—ऐसा सोच तो रखा था। परन्तु एकबार जनक और याज्ञवल्क्य अग्निहोत्र के सम्बन्ध में बातें कर रहे थे, तब याज्ञवल्क्य ने जनक को वरदान दिया था तब जनक ने मनचाहा वर (कि मैं आपसे कभी कुछ भी प्रश्न पूछ सकता हूँ) माँग लिया था और याज्ञवल्क्य ने यह वरदान उसे दिया था। इसलिए राजा ने ही पहला प्रश्न पूछा।

याज्ञवल्क्य किंज्योतिरयं पुरुष इति आदित्यज्योतिः सम्राडिति होवाचा-
दित्येनैवायं ज्योतिषास्ते पल्ययते कर्म कुरुते विपल्येतीत्येमेवैतद्याज्ञ-
वल्क्य ॥2॥

''हे याज्ञवल्क्य ! यह मनुष्य किस तेज से युक्त है ?'' याज्ञवल्क्य बोले—''आदित्य (सूर्य) के तेज से ही। क्योंकि सूर्य के तेज से ही मनुष्य बैठता है, चलता-फिरता है, काम करता है और वापस लौटता है।'' तब जनक ने कहा—''ठीक है याज्ञवल्क्य ! वह ऐसा ही है।''

अस्तमित आदित्ये याज्ञवल्क्य किंज्योतिरेवायं पुरुष इति चन्द्रमा
एवास्य ज्योतिर्भवतीति चन्द्रमसैवायं ज्योतिषास्ते पल्ययते कर्म कुरुते
विपल्येतीत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य ॥3॥

''हे याज्ञवल्क्य ! सूर्य के अस्त होने पर यह मनुष्य किस तेज से युक्त होता है ?'' याज्ञवल्क्य ने कहा—''चन्द्र के तेज से ही। क्योंकि चन्द्रमा ही इसकी ज्योति है। चन्द्र के तेज से ही मनुष्य बैठता है, चलता-फिरता है, काम करता है, वापस लौटता है।'' तब जनक ने कहा—''ऐसा ही है याज्ञवल्क्य !''

अस्तमित आदित्ये याज्ञवल्क्य चन्द्रमस्यस्तमिते किंज्योतिरेवायं पुरुष
इत्यग्निरेवास्य ज्योतिर्भवतीत्यग्निनैवायं ज्योतिषास्ते पल्ययते कर्म
कुरुते विपल्येतीत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य ॥4॥

जनक ने फिर पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! सूर्य अस्त हो जाए और चन्द्र भी अस्त हो जाए तब यह पुरुष (मनुष्य) किस तेज से युक्त होता है ?'' याज्ञवल्क्य बोले—''अग्निरूप तेज से युक्त होता

है। अग्नि के तेज से ही मनुष्य बैठता है, चलता-फिरता है, काम करता है और वापिस आता है।'' तब जनक ने कहा—''ऐसा ही है याज्ञवल्क्य !''

अस्तमित आदित्ये याज्ञवल्क्य चन्द्रमस्यस्तमिते शान्तेऽग्नौ किंज्योति-
रेवायं पुरुष इति वागेवास्य ज्योतिर्भवतीति वाचैवायं ज्योतिषास्ते
पल्ययते कर्म कुरुते विपल्येतीति तस्माद्वै सम्राडपि यत्र स्वः पाणिर्न
विनिर्ज्ञायतेऽथ यत्र वागुच्चारयत्युपैव तत्र न्येतीत्येवमेवैतद्याज्ञव-
ल्क्य ॥5॥

जनक ने आगे पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! सूर्य अस्त हो जाए, चन्द्र अस्त हो जाए, अग्नि शान्त हो जाए, तब यह मनुष्य किस तेज से युक्त होता है ?'' याज्ञवल्क्य ने कहा—''तब वाणी ही इसका तेज होती है; वाणीरूप तेज से ही पुरुष बैठता है, चलता-फिरता है, काम करता है, और वापिस लौट सकता है। हे सम्राट् ! अपना हाथ भी जब स्पष्ट रूप से देखा नहीं जा सकता, तब (घोर अंधकार में भी) जब कहीं कुछ आवाज हो, तो मनुष्य वहाँ सीधा चला जाता है।'' तब जनक ने कहा—''याज्ञवल्क्य ! ठीक है, वह ऐसा ही है''।

अस्तमित आदित्ये याज्ञवल्क्य चन्द्रमस्यस्तमिते शान्तेऽग्नौ शान्तायां
वाचि किंज्योतिरेवायं पुरुष इत्यात्मैवास्य ज्योतिर्भवतीत्यात्मनैवायं
ज्योतिषास्ते पल्ययते कर्म कुरुते विपल्येतीति ॥6॥

जनक ने और पूछा—''हे याज्ञवल्क्य ! सूर्य जब अस्त हो जाता है, चन्द्र भी अस्त हो जाता है, अग्नि शान्त हो जाती है, वाणी भी शान्त हो जाती है, तब यह मनुष्य किस ज्योति से युक्त होता है ?'' तब याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया—''आत्मा के तेज से युक्त होता है; वही उसका प्रकाश है। आत्मा के तेज से ही वह बैठता है, घूमता-फिरता है, काम करता है, वापिस आता है।

कतम आत्मेति योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः स
समानः सन्नुभौ लोकावनुसंचरति ध्यायतीव लेलायतीव स हि स्वप्नो
भूत्वेमं लोकमतिक्रामति मृत्यो रूपाणि ॥7॥

जनक ने पूछा—''वह आत्मा कौन-सा है ? याज्ञवल्क्य ने कहा—''जो (चेतन) पुरुष विज्ञानरूप शरीर में इन्द्रियों के बीच रहता है और हृदय में तेजरूप से रहता है, सर्वदा एक-सा रहता है, वह इस लोक और परलोक में घूमता-फिरता रहता है। वह मानो ध्यान करता हो, घूमता-फिरता हो ऐसा भास होता है; स्वप्नावस्था में वह इस लोक को पार कर चला जाता है अर्थात् मृत्यु के सभी रूपों का अतिक्रमण कर लेता है।

स वा अयं पुरुषो जायमानः शरीरमभिसम्पद्यमानः पाप्मभिः सꣳसृज्यते
स उत्क्रामन् म्रियमाणः पाप्मनो विजहाति ॥8॥

वह आत्मा जब जन्म लेता है अर्थात् शरीर धारण करता है, तब वह पाप से जुड़ जाता है। और जब देह छोड़ देता है (मर जाता है) तब (देहेन्द्रियादि) पापों को छोड़ जाता है।

तस्य वा एतस्य पुरुषस्य द्वे एव स्थाने भवत इदं च परलोकस्थानं च
सन्ध्यं तृतीयꣳ स्वप्नस्थानं तस्मिन्सन्ध्ये स्थाने तिष्ठन्नेते उभे स्थाने
पश्यतीदं च परलोकस्थानं च। अथ यथाक्रमोऽयं परलोकस्थाने भवति

तमाक्रममाक्रम्योभयान् पाप्मन आनन्दाꣳश्च पश्यति य यत्र प्रस्वपित्यस्य लोकस्य सर्वावतो मात्रामुपादाय स्वयं विहत्य स्वयं निर्माय स्वेन भासा स्वेन ज्योतिषा प्रस्वपित्यत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भवति ॥9॥

इस पुरुष के (आत्मा के) दो ही स्थान हैं। एक यह लोक और दूसरा परलोक। तीसरा स्वप्नस्थान उन दोनों की सन्धि का स्थान है। उस बीच के स्थान में खड़ा रहकर यह आत्मा इन दोनों स्थानों (इस लोक और परलोक को) देख सकता है। और यह आत्मा, परलोक में जाने के लिए जिन साधनों से सम्पन्न होता है, उन साधनों का आश्रय लेकर पाप और आनन्द—दोनों को देख सकता है। वह जब स्वप्नावस्था में होता है, तब इस सर्वांशों से पूर्ण जगत् का कुछ अंश ले जाता है, और तोड़ता-फोड़ता है और कुछ नया बना भी देता है और अपने तेज से, अपने प्रकाश से स्वप्नसृष्टि रच देता है। इस स्थिति में आत्मा अपने ही तेज से प्रकाशित होता है।

न तत्र रथा न रथयोगा न पन्थानो भवन्त्यथ रथान्रथयोगान्पथः सृजते न तत्रानन्दा मुदः प्रमुदो भवन्त्यथानन्दान् प्रमुदः सृजते न तत्र वेशान्ताः पुष्करिण्यः स्रवन्त्यो भवन्त्यथ वेशान्तान् पुष्करिणीः स्रवन्तीः सृजते स हि कर्ता ॥10॥

वहाँ (स्वप्नावस्था में) न तो रथ होते हैं, न घोड़े ही होते हैं, मार्ग भी तो नहीं होते। यह आत्मा स्वयं रथ, घोड़े और रास्ते उत्पन्न कर देता है। वहाँ स्वप्नावस्था में न तो आनंद होते हैं, न मोद और प्रमोद ही होता है। पर आत्मा स्वयं आनन्द और मोद को उत्पन्न कर देता है। उस स्वप्नावस्था में तालाब, सरोवर या नदी जैसा कुछ भी नहीं होता, परन्तु आत्मा ही तालाबों, सरोवरों और नदियों को पैदा कर देता है।

तदेते श्लोका भवन्ति।
स्वप्नेन शारीरमभिप्रहत्याऽसुप्तः सुप्तानभिचाकशीति।
शुक्रमादाय पुनरेति स्थानꣳ हिरण्मयः पुरुष एकहꣳसः ॥11॥

इस विषय में ये श्लोक हैं—स्वप्न द्वारा शरीर को निश्चेष्ट करके स्वयं असुप्त रहकर यह आत्मा सोए हुए सब पदार्थों को प्रकाशित कर देता है। फिर शुद्ध इन्द्रियमात्रारूप को लेकर अपने स्थान में आ जाता है। यह आत्मा तेजस्वी है, अकेला है और अमर है।

प्राणेन रक्षन्नवरं कुलायं बहिष्कुलायादमृतश्चरित्वा।
स ईयतेऽमृतो यत्र कामꣳहिरण्मयः पुरुष एकहꣳसः ॥12॥

यह अमर, तेजस्वी आत्मा अकेला ही घूमता है। यह प्राण से निम्न कोटि के घोंसले जैसे शरीर की रक्षा करता है। और स्वयं घोसले से बाहर चलकर घूमने जाया करता है। वह स्वयं अमर है और अपनी इच्छानुसार घूमता-फिरता है।

स्वप्नान्त उच्चावचमीयमानो रूपाणि देवः कुरुते बहूनि।
उतेव स्त्रीभिः सह मोदमानो जक्षदुतेवापि भयानि पश्यन् ॥13॥

स्वप्नावस्था में वह आत्मा उच्च-नीच स्थितियों को प्राप्त करता है, और अनेक रूप धारण करता है। कभी स्त्रियों के साथ आमोद करता है, कभी हँसता है तो कभी भयजनक दृश्य देखता है।

आराममस्य पश्यन्ति न तं पश्यति कश्चनेति तं नायतं बोधयेदित्याहुः। दुर्भिषज्यꣳहास्मै भवति यमेष न प्रतिपद्यतेऽथो खल्वाहुर्जागरितदेश एवास्यैष इति यानि ह्येव जाग्रत्पश्यति तानि सुप्त इत्यत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भवति सोऽहं भगवते सहस्रं ददाम्यत ऊर्ध्वं विमोक्षाय ब्रूहीति ॥14॥

"लोग इसकी क्रीडाओं को ही देखते हैं, उस खुद को नहीं। इसलिए कहते हैं कि सोए हुए को (एकदम) जगाना नहीं चाहिए। क्योंकि आत्मा यदि शरीर में वापस न लौटे, तो उसकी चिकित्सा बड़ी कठिन हो जाती है। कुछ लोग कहते हैं कि जाग्रत् अवस्था ही स्वप्नावस्था है। क्योंकि मनुष्य जब जागता होता है और जिन पदार्थों को देखता है, उन्हीं पदार्थों को वह स्वप्नावस्था में भी देखता है। परन्तु, ऐसा कहना ठीक नहीं। क्योंकि स्वप्नावस्था में तो आत्मा स्वयं ज्योतिरूप बनकर प्रकाशित होता है। भगवन्! मैं आपको हजार गायें देता हूँ। मोक्ष के विषय में मुझे और भी कहिये"—ऐसा जनक ने कहा।

स वा एष एतस्मिन्सम्प्रसादे रत्वा चरित्वा दृष्ट्वैव पुण्यं च पापं च पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति स्वप्नायैव स यत्तत्र किंचित्पश्यत्यनन्वागतस्तेन भवत्यसङ्गो ह्ययं पुरुष इत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्य सोऽहं भगवते सहस्रं ददाम्यत ऊर्ध्वं विमोक्षायैव ब्रूहीति ॥15॥

याज्ञवल्क्य बोले—"यह आत्मा सुषुप्तावस्था में रमण करता है, चलता-फिरता है, अच्छे-बुरे दृश्य देखता है, और फिर जैसे आया था, वैसे ही स्वप्नावस्था में वापस लौट जाता है। उस सुषुप्ति अवस्था में उसने जो कुछ देखा होता है, उससे वह लिप्त नहीं होता, क्योंकि उसे आसक्ति जैसा कुछ नहीं होता"। तब जनक बोले—"हे याज्ञवल्क्य! "वह ऐसा ही है। मैं आपको और हजार गायें देता हूँ, इससे आगे मोक्ष के विषय में और भी कहिए।"

स वा एष एतस्मिन्स्वप्ने रत्वा चरित्वा दृष्ट्वैव पुण्यं च पापं च पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति बुद्धान्तायैव स यत्तत्र किंचित्पश्यत्यनन्वागतस्तेन भवत्यसङ्गो ह्ययं पुरुष इत्येवमेवैतद्याज्ञवल्क्यं सोऽहं भगवते सहस्रं ददाम्यत ऊर्ध्वं विमोक्षायैव ब्रूहीति ॥16॥

याज्ञवल्क्य बोले—"यह आत्मा इस स्वप्नावस्था में रमण करता है, चलता-फिरता है, अच्छे-बुरे दृश्य देखता है, फिर जैसे जहाँ से आया था, वहाँ जाग्रत् दशा में वापस चला जाता है। स्वप्नावस्था में उसने जो कुछ देखा होता है, उससे वह लिप्त नहीं होता। क्योंकि उसे आसक्ति जैसा कुछ है ही नहीं।" जनक बोले—"ठीक ही है भगवन्! मैं आपको और हजार गायें देता हूँ। मोक्ष के विषय में मुझे और भी कहिए।"

स वा एष एतस्मिन्बुद्धान्ते रत्वा चरित्वा दृष्ट्वैव पुण्यं च पापं च पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति स्वप्नान्तायैव ॥17॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"यह आत्मा जाग्रत् दशा में रमण करता है, घूमता-फिरता है, अच्छे-बुरे दृश्य देखता है और फिर से जहाँ से जैसे आया था, वहीं स्वप्नदशा में वापिस चला जाता है।

तद्यथा महामत्स्य उभे कूलेऽनुसंचरति पूर्वं चापरं चैवमेवायं पुरुष एतावुभावन्तावनुसंचरति स्वप्नान्तं च बुद्धान्तं च ॥18॥

जिस प्रकार एक महामत्स्य (बड़ा मगर) नदी के दोनों तीरों पर घूमा करता है, वह इस पार भी जाता है और उस पार भी जाता है, वैसे ही यह आत्मा स्वप्नावस्था और जाग्रत् अवस्था—इन दोनों अवस्थाओं में घूमता रहता है।

तद्यथास्मिन्नाकाशे श्येनो वा सुपर्णो वा विपरिपत्य श्रान्तः सꣳहत्य पक्षौ संलयायैव ध्रियत एवमेवायं पुरुष एतस्मा अन्ताय धावति यत्र सुप्तो न कंचन कामं कामयते न कंचन स्वप्नं पश्यति ॥19॥

जैसे बाज अथवा गरुड आकाश में उड़-उड़कर थक जाता है और फिर पंख फैलाकर अपने घोंसले की ओर जाता है, उसी तरह यह आत्मा भी उस स्थान पर दौड़ जाता है कि जहाँ सो जाने के बाद उसे कोई चिन्ता नहीं रहती या कोई इच्छा भी नहीं होती।

ता वा अस्यैता हिता नाम नाड्यो यथा केशः सहस्रधा भिन्नस्तावताणिम्ना तिष्ठन्ति शुक्लस्य नीलस्य पिङ्गलस्य हरितस्य लोहितस्य पूर्णा अथ यत्रैनं घ्नन्तीव जिनन्तीव हस्तीव विच्छायति गर्तमिव पतति यदेव जाग्रद्भयं पश्यति तदत्राविद्यया मन्यतेऽथ यत्र देव इव राजेवाहमेवेदꣳ सर्वोऽस्मीति मन्यते सोऽस्य परमो लोकः ॥20॥

इस पुरुष की ये 'हिता' नाम की नाड़ियाँ केश सदृश हजार भाग में बँटी हों, इतनी सूक्ष्म हैं, और सफेद, आसमानी, पीले, हरित और लाल रंग के रसों से भरी हुई है। आत्मा को जब ऐसा लगता है कि कोई उसे मार डालता है, कोई उसे जीत लेता है, हाथी उसके पीछे पड़ा है, किसी खड्डे में वह गिर पड़ा है, वह जाग्रत् में देखे हुए सभी भय स्वप्न में अविद्या के कारण देखता है। जब उसे लगता है कि मैं देव हूँ, मैं राजा हूँ तब वह उसका परमलोक हो जाता है।

तद्वा अस्यैतदतिच्छन्दा अपहतपाप्माऽभयꣳ रूपं तद्यथा प्रियया स्त्रिया सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किंचन वेद नान्तरमेवमेवायं पुरुषः प्राज्ञेनात्मना सम्परिष्वक्तो न बाह्यं किंचन वेद नान्तरं तद्वा अस्यैतदाप्तकाममात्मकाममकामꣳ रूपꣳ शोकान्तरम् ॥21॥

वह उसका कामरहित, पापरहित और अभय रूप है। जैसे अपनी प्रिय भार्या का गाढ आलिंगन करनेवाले पुरुष को बाहर का या अन्दर का कुछ भी ज्ञान नहीं होता, वैसे ही यह आत्मा जब परमात्मा से आलिंगित होता है, तब उसे भी कुछ बाहर का या भीतर का ज्ञान नहीं होता। यह उसका आप्तकाम, आत्मकाम, अकाम और शोकरहित रूप है।

अत्र पिताऽपिता भवति माताऽमाता लोका अलोका देवा अदेवा वेदा अवेदा अत्र स्तेनोऽस्तेनो भवति भ्रूणहाऽभ्रूणहा चाण्डालोऽचाण्डालः पौल्कसोऽपौल्कसः श्रमणोऽश्रमणस्तापसोऽतापसोऽनन्वागतं पुण्येनानन्वागतं पापेन तीर्णो हि तदा सर्वाञ्छोकान्हृदयस्य भवति ॥22॥

इस (सुषुप्तावस्था में) पिता पिता नहीं रहता, माता माता नहीं रहती, लोक लोक नहीं रहते, देव देव नहीं रहते, वेद वेद नहीं रहते, चोर चोर नहीं रहता, गर्भहत्यारा गर्भहत्यारा नहीं रहता, चाण्डाल चाण्डाल नहीं रहता, पौल्कस (शूद्र पिता और क्षत्रियाणी से पैदा हुआ पुत्र) पौल्कस नहीं रहता, श्रमण श्रमण नहीं रहता, तपस्वी तपस्वी नहीं रहता, उस स्थिति में उसे पुण्य भी नहीं लगता और पाप भी नहीं लगता। तब वह हृदय के सभी शोकों का अतिक्रमण कर जाता है।

यद्वै तन्न पश्यति पश्यन्वै तन्न पश्यति न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्पश्येत् ॥23॥

'वह देखता नहीं'—ऐसा लगता है, पर वास्तव में वह देखते हुए भी नहीं देखता। क्योंकि द्रष्टा की दृष्टि का कभी नाश नहीं होता, क्योंकि वह अविनाशी है इससे अलग कोई चीज है ही नहीं, कि जिसे देखा जाए।

यद्वै तन्न जिघ्रति जिघ्रन्वै तन्न जिघ्रति न हि घ्रातुर्घ्रातेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्नतु तद्द्वितीयमस्ति ततोन्यद्विभक्तं यज्जिघ्रेत् ॥24॥

'वह सूँघता नहीं'—ऐसा लगता है, परन्तु वास्तव में वह सूँघता हुआ भी नहीं सूँघता। सूँघनेवाले की सूँघने की शक्ति का कभी लोप नहीं होता। क्योंकि वह अविनाशी है। परन्तु उससे अन्य कोई है ही नहीं, कि जिसे सूँघा जाए।

यद्वै तन्न रसयते रसयन्वै तन्न रसयते नहि रसयितू रसयतेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यद्रसयेत् ॥25॥

'वह रसास्वाद नहीं करता'—ऐसा लगता है, पर वास्तव में वह स्वाद लेता हुआ भी स्वाद नहीं लेता। क्योंकि वह अविनाशी है। परन्तु, उससे अलग कोई दूसरा है ही नहीं, कि जिसका रसास्वाद किया जाए।

यद्वै तन्न वदति वदन्वै तन्न वदति न हि वक्तुर्वक्तेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यद्वदेत् ॥26॥

'वह बोलता नहीं'—ऐसा लगता है, पर वास्तव में वह बोलते हुए भी नहीं बोलता। वक्ता की बोलने की शक्ति का नाश नहा होता क्योंकि वह तो अविनाशी है। परन्तु उससे अलग अन्य कोई है ही नहीं कि जिससे वह बोले।

यद्वै तन्न शृणोति शृण्वन्वै तन्न शृणोति न हि श्रोतुः श्रुतेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यच्छृणुयात् ॥27॥

'वह सुनता नहीं'—ऐसा लगता है, पर वास्तव में वह सुनते हुए भी नहीं सुनता। श्रोता की श्रवण-शक्ति का नाश नहीं होता, क्योंकि वह अविनाशी है। परन्तु जब उससे अलग दूसरा है कोई है ही नहीं, कि जिसे वह सुने।

यद्वै तन्न मनुते मन्वानो वै तन्न मनुते न हि मन्तुर्मतेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यन्मन्वीत ॥28॥

'वह सोचता नहीं'—ऐसा लगता है, पर वास्तव में वह सोचते हुए भी नहीं सोचता। सोचनेवाले की सोचने की शक्ति का नाश नहीं होता क्योंकि वह अविनाशी है। परन्तु वहाँ जब उसके सिवा दूसरा कोई अलग है ही नहीं कि जिसे वह सोचे।

यद्वै तन्न स्पृशति स्पृशन्वै तन्न स्पृशति न हि स्प्रष्टुः स्पृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं यत्स्पृशेत् ॥29॥

'वह स्पर्श नहीं करता' —ऐसा लगता है। पर वास्तव में वह स्पर्श करते हुए भी स्पर्श नहीं करता क्योंकि स्पर्श करनेवाले की स्पर्श शक्ति का कभी लोप नहीं होता, क्योंकि वह अविनाशी है परन्तु, उससे अलग दूसरा कोई है ही नहीं कि जिसका वह स्पर्श करे।

यद्वै तन्न विजानाति विजानन्वै तन्न विजानाति न हि विज्ञातुर्विज्ञा-
र्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वान्न तु तद्द्वितीयमस्ति ततोऽन्यद्विभक्तं
यद्विजानीयात् ॥30॥

'वह जानता नहीं'—ऐसा लगता है, पर वास्तव में वह जानते हुए भी नहीं जानता। विज्ञाता की विज्ञापित (ज्ञान) का कभी लोप नहीं होता, क्योंकि वह अविनाशी है। परन्तु उससे अलग दूसरा कोई है ही नहीं कि जिसे वह जाने।

यत्र वान्यदिव स्यात्तत्रान्योऽन्यत्पश्येदन्योऽन्यज्जिघ्रेदन्योऽन्यद् रसये-
दन्योन्यद्वदेदन्योऽन्यच्छृणुयादन्योऽन्यमन्वीतान्योऽन्यत्स्पृशेदन्योऽन्यद्
विजानीयात् ॥31॥

जहाँ (जाग्रत् और स्वप्न में) कोई दूसरा हो तभी तो एक-दूसरे को देखता है, एक-दूसरे को सूँघता है, एक-दूसरे का स्वाद लेता है, एक-दूसरे से बोलता है, एक-दूसरे को सुनता है, एक-दूसरे का विचार करता है, एक-दूसरे का स्पर्श करता है, एक-दूसरे को जानता है।

सलिल एको द्रष्टाऽद्वैतो भवत्येष ब्रह्मलोकः सम्राडिति हैनमनुशशास
याज्ञवल्क्य एषास्य परमा गतिरेषास्य परमा सम्पदेषोऽस्य परमो लोक
एषोऽस्य परम आनन्द एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजी-
वन्ति ॥32॥

"यह आत्मा जल जैसा शुद्ध, एक, साक्षीरूप, अद्वितीय है। यही (ऐसा ही) ब्रह्मलोक है। हे सम्राट्!"—ऐसा याज्ञवल्क्य ने उपदेश दिया। यही मनुष्य की सर्वोच्च गति है, यही सबसे बड़ी सम्पदा है, यही उच्चतम लोक है, यही उसका परम आनन्द है। अन्य प्राणी इसी परमानन्द की एक मात्रा से ही जीवन जी रहे हैं।

स यो मनुष्याणाꣳ राद्धः समृद्धो भवत्यन्येषामधिपतिः सर्वैर्मानुष्यकै-
र्भोगैः संपन्नतमः स मनुष्याणां परम आनन्दोऽथ ये शतं मनुष्याणामानन्दाः
स एकः पितॄणां जितलोकानामानन्दोऽथ ये शतं पितॄणां जितलोका-
नामानन्दाः स एको गन्धर्वलोक आनन्दोऽथ ये शतं गन्धर्वलोक
आनन्दाः स एकः कर्मदेवानामानन्दो ये कर्मणा देवत्वमभिसंपद्यन्तेऽथ
ये शतं कर्मदेवानामानन्दाः स एक आजानदेवानामानन्दो यश्च श्रोत्रियो-
ऽवृजिनोऽकामहतोऽथ ये शतमाजानदेवानामानन्दाः स एकः प्रजापति-
लोक आनन्दो यश्च श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकामहतोऽथ ये शतं प्रजापतिलोक
आनन्दाः स एको ब्रह्मलोक आनन्दो यश्च श्रोत्रियोऽवृजिनोऽकाम-
हतोऽथैष एव परम आनन्द एष ब्रह्मलोकः सम्राडिति होवाच
याज्ञवल्क्यः सोऽहं भगवते सहस्रं ददाम्यत ऊर्ध्वं विमोक्षायैव ब्रूहीत्यत्र
ह याज्ञवल्क्यो बिभयांचकार मेधावी राजा सर्वेभ्यो मान्तेभ्य उदरौ-
त्सीदिति ॥33॥

मनुष्यों में जो किसी प्रकार से पंगु न हो, धनिक हो, दूसरों पर स्वामित्व रखता हो, विश्व का अधिकतम वैभवशाली हो, वह मनुष्य का श्रेष्ठ आनन्द है। ऐसे मनुष्य के आनन्द से सौ गुना एक आनन्द श्राद्ध आदि से पितृलोक को जीतने वाले पितृओं का होता है। और पितृलोक को जीतनेवाले पितृओं के ऐसे सौ गुने आनन्द का एक आनन्द गन्धर्वलोक का होता है। गन्धर्वलोक के उस एक आनन्द से सौ गुना एक आनन्द कर्मलोक का लेता है। वे कर्मों से देवत्व प्राप्त किए हुए हैं। उन कर्म देवताओं के एक आनन्द से सौ गुना एक आनन्द जन्मजात देवलोगों का होता है। और जो मनुष्य वेदाभ्यासी, निष्पाप और वासनारहित हो उसका भी यही लोक होता है। ऐसे देवों के आनन्द से सौ गुना आनन्द प्रजापति लोक का तथा वेदाभ्यासी, निष्पाप और वासनारहित का भी होता है। ऐसे प्रजापति लोक के आनन्द से सौ गुना आनन्द ब्रह्मलोक का तथा वेदाभ्यासी, निष्पाप, वासनारहित मनुष्यों का भी होता है। ऐसे प्रजापतिलोक के एक आनन्द से सौ गुना आनन्द ब्रह्मलोक का होता है। तथा जो मनुष्य वेदाभ्यासी, निष्पाप तथा वासनारहित हो, उसका भी यही लोक होता है। ब्रह्मलोक का यह आनन्द सबसे बड़ा है।" तब जनक ने कहा—"मैं आपको हजार गायें देता हूँ। हे भगवन्! मोक्ष के विषय में आगे कुछ उपदेश दीजिए।" तब याज्ञवल्क्य को भय लगा कि यह राजा बड़ा मेधावी (बुद्धिशाली) है, जिसने मेरे सारे ज्ञान को अपने सभी प्रश्नों के उत्तर के माध्यम से प्राप्त कर लेने तक के लिए मुझे रोक लिया है।

स वा एष एतस्मिन्स्वप्नान्ते रत्वा चरित्वा दृष्ट्वैव पुण्यं च पापं च पुनः
प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति बुद्धान्तायैव ॥34॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—"वह यह पुरुष (आत्मा) इस स्वप्नावस्था में रमण (विहार) करके और अच्छा-बुरा देखकर फिर से जिस तरह आया था, उसी तरह से यथास्थान अर्थात् जाग्रत्दशा में वापिस लौटता है।

तद्यथाऽनः सुसमाहितमुत्सर्जद्यायादेवमेवायꣳ शारीर आत्मा प्राज्ञेना-
त्मनाऽन्वारूढ उत्सर्जन्याति यत्रैतदूर्ध्वोच्छ्वासी भवति ॥35॥

जैसे लोकव्यवहार में बोझ से लदी हुई गाड़ी जोर से आवाज करती हुई ही चलती है, वैसे ही यह शरीर में अवस्थित आत्मा (लिङ्गदेह रूप आत्मा), उस स्वयंप्रकाश रूप आत्मा से (चिदाभास से) व्याप्त हुआ ऊर्ध्व साँस लेते हुए (आवाज करते हुए) चलता है।

स यत्रायमणिमानं न्येति जरया वोपतपतावाणिमानं निगच्छति तद्यथाम्रं
वौदुम्बरं वा पिप्पलं वा बन्धनात्प्रमुच्यत एवमेवायं पुरुष एभ्योऽङ्गेभ्यः
संप्रमुच्य पुनः प्रतिन्यायं प्रतियोन्याद्रवति प्राणायैव ॥36॥

यह देह जिस समय वृद्धावस्था आदि से कृश हो जाता है, तब वह आम, उदुम्बर या पिप्पल के फल की तरह झड़ जाता है, उसी तरह आत्मा शरीर के इन अंगों से बिछुड़ जाता है और फिर से जहाँ से जैसे आया था, उसी तरह यथाक्रम अन्य देह में चला जाता है।

तद्यथा राजानमायान्तमुग्राः प्रत्येनसः सूतग्रामण्योऽन्नैः पानैरावसथैः
प्रतिकल्पन्तेऽयमायात्ययमागच्छतीत्येवꣳ हैवंविदꣳ सर्वाणि भूतानि
प्रतिकल्प्यन्त इदं ब्रह्मायातीदमागच्छतीति ॥37॥

जब राजा आता हो तब जैसे उग्रकर्मों और पापकर्मी लोग, सूतजाति के लोग, गाँव के नेता लोग, अन्न, पानी, निवासादि को तैयार रखकर राह देखते हैं, और कहते हैं कि—"यह आता है, यह

आता है, उसी तरह इस ज्ञानी मनुष्य के लिए भी सभी प्राणी कहते हैं कि—"यह वह आता है, यह वह आता है"।

तद्यथा राजानं प्रयियासन्तमुग्राः प्रत्येनसः सूतग्रामण्योऽभिसमायन्त्येव-मेवेममात्मानमन्तकाले सर्वे प्राणा अभिसमायन्ति यत्रैतदूर्ध्वोच्छ्वासी भवति ॥3 8॥

इति तृतीयं ब्राह्मणम् ॥

जिस प्रकार राजा के कहीं जाते समय सब उग्रकर्मी, पापकर्मी और ग्रामीण नेता लोग और सूत जाति के लोग एकत्रित हो जाते हैं, उसी प्रकार अन्तकाल में जब मनुष्य ऊपर की श्वास लेता है, तब सभी इन्द्रियाँ इस आत्मा के पास इकट्ठा होकर आती हैं।

(यहाँ तीसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थं ब्राह्मणम्

स यत्रायमात्माऽबल्यं न्येत्य संमोहमिव न्येत्यथैनमेते प्राणा अभिसमा-यन्ति स एतास्तेजोमात्राः समभ्याददानो हृदयमेवान्ववक्रामति स यत्रैष चाक्षुषः पुरुषः पराङ् पर्यावर्ततेऽथारूपज्ञो भवति ॥1॥

वह यह आत्मा जब दुर्बलता को प्राप्त कर मानो संमूढ हुआ हो, ऐसा होता है, तब शरीरगत ये वाणी आदि सभी प्राण (इन्द्रियाँ) उसके साथ मिलकर वह उन प्राणों से (इन्द्रियों में से) तेज का अंश खींच लेता है और हृदय की ओर गमन करता है। जब आँख का तेज चला जाता है, तब मनुष्य रूप नहीं देख पाता।

एकीभवति न पश्यतीत्याहुरेकीभवति न जिघ्रतीत्याहुरेकीभवति न रसयत इत्याहुरेकीभवति न वदतीत्याहुरेकीभवति न शृणोतीत्याहुरेकीभवति न मनुत इत्याहुरेकीभवति न स्पृशतीत्याहुरेकीभवति न विजानाती-त्याहुस्तस्य हैतस्य हृदयस्याग्रं प्रद्योतते तेन प्रद्योतेनैष आत्मा निष्क्रामति चक्षुष्टो वा मूर्ध्नो वाऽन्येभ्यो वा शरीरदेशेभ्यस्तमुत्क्रामन्तं प्राणोऽनू-त्क्रामति प्राणमनूत्क्रामन्तः सर्वे प्राणा अनूत्क्रामन्ति सविज्ञानो भवति सविज्ञानमेवान्ववक्रामति तं विद्याकर्मणी समन्वारभेते पूर्वप्रज्ञा च ॥2॥

चक्षु का चेतन आत्मा से एकीकृत जाने पर लोग कहते हैं कि यह देखता नहीं है। नासिका का चेतन आत्मा के साथ एकरूप होने पर लोग कहते हैं, यह सूँघता नहीं है। जिह्वा का चेतन आत्मा से एकरूप होने पर यह स्वाद नहीं लेता, ऐसा कहते हैं। मुख का चेतन आत्मा से एकरूप होने पर कहते हैं कि यह बोलता नहीं है। कान का चेतन आत्मा से एकरूप होने पर कहते हैं कि यह सुनता नहीं है। मन का चेतन आत्मा से एकरूप हो जाने पर कहते हैं कि यह सोचता नहीं है। त्वगिन्द्रिय का चेतन आत्मा से एकरूप होने पर कहते हैं कि यह स्पर्श नहीं करता है। बुद्धि का चेतन आत्मा से एकरूप होने पर कहते हैं कि वह जानता नहीं है। उस मनुष्य के हृदय का अग्रभाग प्रकाश से जगमगाता है। उस प्रकाश के द्वारा ही वह आत्मा नेत्र, मस्तक या शरीर के किसी भाग से बाहर निकलता है। उसके साथ प्राण भी बाहर निकलता है। उसके बाहर निकलते ही उसके साथ प्राण (इन्द्रियाँ) भी बाहर निकल

आती हैं। और इस समय यह आत्मा विशेष ज्ञान से युक्त हो जाता है और विज्ञानयुक्त प्रदेश में ही जाता है। उस समय उसके साथ विद्या और कर्म तथा पूर्व प्रज्ञा (पूर्वानुभूत विषयों की वासनाएँ) भी जाती हैं।

तद्यथा तृणजलायुका तृणस्यान्तं गत्वाऽन्यमाक्रममाक्रम्यात्मानमुपसꣳ हरत्येवमेवायमात्मेदꣳ शरीरं निहत्याऽविद्यां गमयित्वाऽन्यमाक्रममा-क्रम्यात्मानमुपसꣳहरति ॥3॥

जैसे घास के तिनके पर (चलने वाला) जोंक नामक कीड़ा उस तिनके की नोक पर जाने के बाद दूसरे तृणों का अवलम्बन लेने के लिए अपना अंग सिकोड़ता है, वैसे ही यह आत्मा भी इस शरीर का आश्रय छोड़कर इस शरीर को अविद्या को प्राप्त करवा कर अर्थात् अचेतन बनाकर दूसरे नवीन शरीर का आश्रय लेकर उसी में अपना उपसंहार कर देता है अर्थात् अपना आत्मभाव करने लगता है।

तद्यथा पेशस्कारी पेशसो मात्रामुपादायान्यन्नवतरं कल्याणतरꣳ रूपं तनुते एवमेवायमात्मेदꣳ शरीरं निहत्याऽविद्यां गमयित्वाऽन्यन्नवतरं कल्याणतरꣳ रूपं कुरुते पित्र्यं वा गान्धर्वं वा दैवं वा प्राजापत्यं वा ब्राह्मं वाऽन्येषां वा भूतानाम् ॥4॥

जैसे कोई सुनार सोने के टुकड़े को लेकर अन्य नवतर और अधिक सुन्दर आकार की रचना करता है, वैसे ही यह आत्मा इस शरीर को छोड़कर, उसे अविद्या को प्राप्त करवा कर (अचेतन बनाकर) अन्य नवीन और अधिक सुन्दर शरीर को बनाता है। वह शरीर या तो पितृओं का-सा, या गन्धर्वों का-सा, वा देवों का-सा, या प्रजापति का-सा, ब्रह्मा का-सा अथवा सभी प्राणियों जैसा होता है।

स वा अयमात्मा ब्रह्म विज्ञानमयो मनोमयः प्राणमयश्चक्षुर्मयः श्रोत्रमयः पृथिवीमय आपोमयो वायुमय आकाशमयस्तेजोमयोऽतेजोमयः काममयोऽकाममयः क्रोधमयोऽक्रोधमयो धर्ममयोऽधर्ममयः सर्वम-यस्तद्यदेतदिदंमयोऽदोमय इति यथाकारी यथाचारी तथा भवति साधुकारी साधुर्भवति पापकारी पापो भवति पुण्यः पुण्येन कर्मणा भवति पापः पापेन। अथो खल्वाहुः काममय एवायं पुरुष इति स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते ॥5॥

वह यह आत्मा ब्रह्म है। वह विज्ञानमय है, मनोमय है, प्राणमय है, चक्षुर्मय है, श्रोत्रमय है, पृथ्वीमय है, जलमय है, वायुमय है, आकाशमय है, तेजोमय है, अतेजोमय (अन्धकारमय) भी है। वह काममय, अकाममय, क्रोधमय, अक्रोधमय, धर्ममय और अधर्ममय और सर्वमय है। यह जो कुछ परोक्ष है, प्रत्यक्ष है वह सब कुछ है। वह जैसा कर्म और आचरण करता है, वैसा होता है। शुभ कर्म करनेवाला शुभ होता है और पाप कर्म करनेवाला पापी होता है। पुरुष पुण्यकर्म से पुण्यशाली और पापकर्म से पापी होता है। कुछ लोग कहते हैं कि यह पुरुष काममय ही है। वह जैसी कामनावाला होता है, वैसे ही संकल्पवाला होता है। और जैसे संकल्पवाला होता है, वैसे ही वह कर्म करता है। और जैसे कर्म वह करता है, वैसा ही फल उसको प्राप्त होता है।

तदेष श्लोको भवति—
तदेव सक्तः सहकर्मणैति लिङ्गं मनो यत्र निषक्तमस्य ।
प्राप्यान्तं कर्मणस्तस्य यत्किंचेह करोत्ययम् ॥
तस्माल्लोकात्पुनरैत्यस्मै लोकाय कर्मण इति नु कामयमानोऽथाकामय-
मानो योऽकामो निष्काम आप्तकाम आत्मकामो न तस्य प्राणा
उत्क्रामन्ति ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति ॥6॥

इस विषय में यह मन्त्र है—इसका लिंग (मन) जिसमें अति आसक्त होता है, उसी फल की अभिलाषावाला होकर ही वह काम करता है। इस लोक में जो कुछ भी करता है, उस कर्म का फल परलोक में प्राप्त करके (भोगकर) फिर से कर्म करने के लिए इस लोक में आ जाता है। कर्मफलभोग की कामना करने वालों में निश्चितरूप से आवागमन का चक्र चलता रहता है। परन्तु, जिस पुरुष में कामना ही नहीं होती, जिसने अपनी सारी कामनाएँ छोड़ दी हैं, जिसकी कामनाएँ पूर्णतः पूरी हो चुकी हैं, जिसको आत्मप्राप्ति के अतिरिक्त कोई अन्य कामना नहीं है, उसके प्राण शरीर को छोड़कर और कहीं नहीं जाते। वह ब्रह्मस्वरूप होकर ब्रह्म में लीन हो जाता है।

तदेष श्लोको भवति—
यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः ।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुत इति ॥
तद्यथाऽहिनिर्ल्वयनी वल्मीके मृता प्रत्यस्ता शयीतैवमेवेदꣳ शरीरꣳ
शेतेऽथायमशरीरोऽमृतः प्राणो ब्रह्मैव तेज एव सोऽहं भगवते सहस्रं
ददामीति होवाच जनको वैदेहः ॥7॥

उसी अर्थ में यह श्लोक है—"जब मनुष्य के हृदय में स्थित सारी कामनाएँ छूट जाती हैं, तब मरणशील मानव अमर हो जाता है। और इस देह के होते हुए भी ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है।" जैसे साँप द्वारा उतार दी गई निर्जीव त्वचा बिल में पड़ी रहती है, वैसे यह शरीर भी पड़ा रहता है। पर शरीर से मुक्त हुआ अमर आत्मा तो ब्रह्मरूप ही है, वह तेजस्वरूप है।

तदेते श्लोका भवन्ति—
अणुः पन्था विततः पुराणो माꣳस्पृष्टोऽनुवित्तो मयैव ।
तेन धीरा अपियन्ति ब्रह्मविदः स्वर्गं लोकमित ऊर्ध्वं विमुक्ताः ॥8॥

इसके विषय में यह श्लोक है—"इस प्राचीन विशाल मार्ग को जानना कठिन है। मैंने उसे पकड़ा है, मुझे वह प्राप्त हुआ है। ब्रह्म को जाननेवाले ऋषि भी उसी रास्ते से स्वर्ग तथा उसके भी पार (ऊर्ध्व) जाते हैं।

तस्मिञ्छुक्लमुत नीलमाहुः पिङ्गलꣳ हरितं लोहितं च ।
एष पन्था ब्रह्मणा हानुवित्तस्तेनैति ब्रह्मवित्पुण्यकृत्तैजसश्च ॥9॥

कुछ लोग कहते हैं कि उसमें श्वेत ब्रह्म है, कुछ कहते हैं वह आसमानी है, कुछ कहते हैं वह पीला है, कुछ कहते हैं वह नीलवर्ण है, कुछ कहते है वह हरित वर्ण है, कुछ कहते हैं वह लाल वर्ण है। किसी ब्रह्मविद् ने वह रास्ता खोज निकाला है। उसी मार्ग पर ब्रह्मज्ञ, पुण्यशाली और तेजस्वी लोग जाते हैं।

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते ।
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायाꣳ रताः ॥10॥

जो लोग अविद्या की उपासना (कर्मोपासना) करते हैं, वे घोरतमस् में (भयंकर अज्ञान में) जाते हैं और जो विद्या की ही उपासना (द्वैतमूलक उपासना पद्धति) में ही होते हैं (अथवा केवल विधिविधानों में ही रत होते हैं) वे तो इससे भी ज्यादा अन्धकार में प्रवेश करते हैं।

अनन्दा नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः ।
ताꣳस्ते प्रेत्याभिगच्छन्त्यविद्वाꣳसोऽबुधो जनाः ॥11॥

जो 'अनन्द' (असुखकर) नाम के लोक हैं जो कि अदर्शनरूप अन्धकार से घिरे हुए हैं, वहाँ जो ज्ञानरहित हैं, ऐसे आत्मबोधहीन लोग मरने के बाद पहुँचते हैं।

आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः ।
किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत् ॥12॥

जो पुरुष आत्मा को 'यह मैं हूँ'—इस प्रकार विशिष्ट रूप से जान लेता है, तब वह भला क्या चाहता हुआ और कौन-सी कामना के लिए शरीर के लिए संतप्त होगा ?

यस्यानुवित्तः प्रतिबुद्ध आत्माऽस्मिन्संदेह्ये गहने प्रविष्टः ।
स विश्वकृत् स हि सर्वस्य कर्ता तस्य लोकाः स उ लोक एव ॥13॥

इस अनेक संदेहों (स्वार्थों) से भरे गहन (विषम) शरीर में प्रविष्ट आत्मा को जिसने साक्षात्कृत कर लिया है, वह प्रतिबुद्ध (ज्ञानी) हो गया है, वह (अब स्वयं) विश्व का सर्जनहार है, वह सबका कर्ता है। उसको जो लोक मिलता है, वह आत्मा का ही लोक होता है।

इहैव सन्तोऽथ विद्मस्तद्वयं न चेदवेदीर्महती विनष्टिः ।
ये तद्विदुरमृतास्ते भवन्त्यथेतरे दुःखमेवापियन्ति ॥14॥

हम इस शरीर में रहते हुए, उसी काल में यदि आत्मा (ब्रह्म) को जान लें, तब हम कृतार्थ हो जाएँगे। अन्यथा (ऐसा न होने पर) बड़ी हानि होगी। जो लोग उसे जान लेते हैं, वे अमर हो जाते हैं, और दूसरे लोग दुःख को ही प्राप्त करते हैं।

यदैतमनुपश्यत्यात्मानं देवमञ्जसा ।
ईशानं भूतभव्यस्य न ततो विजुगुप्सते ॥15॥

जब भूत और भविष्य के स्वामी इस प्रकाशमान (कर्मफलदाता) आत्मा को मनुष्य साक्षात् देख लेता है (अनुभूति प्राप्त कर लेता है) तब वह अपनी रक्षा करना नहीं चाहता अर्थात् न तो वह किसी से ऊबता है, और न किसी की निन्दा करता है।

यस्मादर्वाक्संवत्सरोऽहोभिः परिवर्तते ।
तद्देवा ज्योतिषां ज्योतिरायुर्होपासतेऽमृतम् ॥16॥

यह संवत्सररूप कालात्मा अहोरात्रादि अवयवों के साथ जिसके पीछे-पीछे घूमता रहता है, ऐसे ज्योतियों के भी ज्योतिस्वरूप इस आत्मा (ब्रह्मतत्त्व) को (सभी) देव 'आयु' के नाम से उपासते हैं। वह ज्योति अमर है।

यस्मिन्पञ्च पञ्चजना आकाशश्च प्रतिष्ठितः ।
तमेव मन्य आत्मानं विद्वान्ब्रह्मामृतोऽमृतम् ॥17॥

जिस ब्रह्म में पाँच 'पञ्चजन' (गंधर्व, देव, पितर, असुर और राक्षस—ये पाँच 'पंचजन हैं, अथवा तो चार ब्राह्मणादि वर्ण और पाँचवाँ निषाद मिलकर पाँच = पाँचों का समूह) और (छठा) आकाश प्रतिष्ठित है उसी को मैं आत्मा मानता हूँ। उस अमर आत्मा को जाननेवाला मैं (स्वयं) ब्रह्म हूँ, अमर हूँ।

प्राणस्य प्राणमुत चक्षुषश्चक्षुरुत श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो ये मनो विदुः।
ते निचिक्युर्ब्रह्म पुराणमग्र्यम् ॥18॥

वह आत्मा प्राण का भी प्राण और आँख की भी आँख है। वह कान का भी कान और मन का भी मन है। जिन्होंने ऐसा ब्रह्म जाना है, उन्होंने सबसे प्राचीन और सबसे आदि (प्रथम) ब्रह्म को अवश्य पहचान लिया है।

मनसैवानुद्रष्टव्यं नेह नानास्ति किंचन।
मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति ॥19॥

इस ब्रह्म को मन से ही जानना (पहचानना) चाहिए कि यहाँ कुछ अलग-अलग नहीं है, जो यहाँ भेदभाव (अलगाव) देखता है, वह एक मृत्यु के बाद दूसरा, इस प्रकार से मृत्यु को प्राप्त करता ही रहता है।

एकधैवानुद्रष्टव्यमेतदप्रमयं ध्रुवम्।
विरजः पर आकाशादज आत्मा महान्ध्रुवः ॥20॥

वह एक प्रकार से ही (आचार्योपदेश से ही) जाना जा सकता है, वह अन्य प्रमाणों से गम्य नहीं है। वह शाश्वत है, वह शुद्ध है, आकाश से भी परे है, वह महान् है, वही आत्मा परब्रह्म है, वह अविनाशी है।

तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः।
नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनꣳ हि तदिति ॥21॥

बुद्धिमान ब्राह्मण को उस आत्मा को जानकर ही ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उसको बहुत शब्दों का अभ्यास नहीं करना चाहिए। क्योंकि वह तो वाणी को थका देनेवाला ही है (वह वाणी का श्रम ही है)।

स वा एष महानज आत्मा योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु य एषोऽन्तर्हृदय आकाशस्तस्मिञ्छेते सर्वस्य वशी सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः स न साधुना कर्मणा भूयान्नो एवासाधुना कनीयानेष सर्वेश्वर एष भूताधिपतिरेष भूतपाल एष सेतुर्विधरण एषां लोकानामसम्भेदाय तमेतं वेदानुवचनेन ब्राह्मणा विविदिषन्ति यज्ञेन दानेन तपसानाशकेनैतमेव विदित्वा मुनिर्भवति एतमेव प्रव्राजिनो लोकमिच्छन्तः प्रव्रजन्ति एतद्ध स्म वैतत्पूर्वे विद्वाꣳसः प्रजां न कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्माऽयं लोक इति ते ह स्म पुत्रैषणायाश्च वित्तैषणायाश्च लोकैषणायाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति या ह्येव पुत्रैषणा सा वित्तैषणा या वित्तैषणा सा लोकैषणोभे ह्येते एषणे एव भवतः। स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यतेऽशीर्यो न हि शीर्यतेऽसङ्गो न हि सज्यते-

ऽसितो न व्यथते न रिष्यत्येतमु हैवैते न तरत इत्यतः पापमकरवमित्यतः कल्याणमकरवमित्युभे उ हैवैष एते तरति नैनं कृताकृते तपतः ॥22॥

यह वह महान् अजन्मा आत्मा जो कि प्राणों में विज्ञानमय है और जो हृदय के भीतर में आकाश है, उसमें रहता है (सोता है), जो सबको वश में रखनेवाला, सब पर शासन चलानेवाला और सबका अधिपति है। वह शुभ कर्म से बड़ा नहीं हो जाता और अशुभ कर्म से छोटा भी नहीं हो जाता है। वह सबका ईश्वर है, वह प्राणीमात्र का पालक है। वह इन लोगों की मर्यादा का भंग न हो जाए, इसलिए उन्हें धारण करनेवाला सेतु है। ब्राह्मण लोग उसे वेदों के अध्ययन के द्वारा, यज्ञ द्वारा, दान द्वारा, तप द्वारा, अनशन द्वारा जानना चाहते हैं। उसी को जानकर मनुष्य मुनि बनता है। उसी को प्राप्त करने की इच्छा रखकर संन्यासी लोग संसार को छोड़कर संन्यास ले लेते हैं। उसका ज्ञान होने से ही पूर्व के ऋषि लोग सन्तानप्राप्ति की इच्छा नहीं रखते थे। (वे सोचते थे कि—) "हमें जो आत्मा मिला है, वही हमारा लोक है (लक्ष्यस्थान है)। तो हम अब संतानप्राप्ति से क्या करेंगे ?" वे पुत्रप्राप्ति की इच्छा, धनप्राप्ति की इच्छा और स्वर्गादि लोकप्राप्ति की इच्छा से मुक्त हो गए थे। और भिक्षा माँगकर निर्वाह करते थे। क्योंकि जो पुत्रप्राप्ति की इच्छा है, वही धनप्राप्ति की इच्छा है। और धनप्राप्ति की इच्छा है, वही लोक (स्वर्गादि) प्राप्ति की इच्छा है, क्योंकि वे दोनों आखिर में हैं तो इच्छाएँ ही न ! यह आत्मा 'नेति नेति' कहकर ही बताया जा सकता है। क्योंकि यह पकड़ने योग्य नहीं है इसलिए नहीं पकड़ा जाता। वह अक्षय है इसलिए क्षीण नहीं होता। वह चिपक नहीं जाता क्योंकि असंग है। वह बन्धन में पड़ा नहीं इसलिए उसे कोई दुःख नहीं है। वह अविनाशी है। इस आत्मा को पापपुण्य—हर्ष-शोकादि द्वन्द्व प्रभावित नहीं करते। इसलिए "मैंने पाप किया है या मैंने पुण्य किया है"—इन दोनों बातों को वह पार कर जाता है। उसको (इस प्रकार जाननेवाले आत्मज्ञानी को) 'यह किया अथवा यह नहीं किया' का दुःख नहीं होता।

तदेतदृचाभ्युक्तम्। एष नित्यो महिमा ब्राह्मणस्य न वर्धते कर्मणा नो कनीयान्। तस्यैव स्यात्पदवित्तं विदित्वा न लिप्यते कर्मणा पापकेनेति। तस्मादेवंविच्छान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वाऽत्मन्येवात्मानं पश्यति सर्वमात्मानं पश्यति नैनं पाप्मा तरति सर्वं पाप्मानं तरति नैनं पाप्मा तपति सर्वं पाप्मानं तपति विपापो विरजोऽविचिकित्सो ब्राह्मणो भवत्येष ब्रह्मलोकः सम्राडेनं प्रापितोऽसीति होवाच याज्ञवल्क्यः सोऽहं भगवते विदेहान् ददामि मां चापि सह दास्यायेति ॥23॥

यह बात मंत्र द्वारा कही गई है—यह आत्मा, ब्रह्मवेत्ता की नित्य महिमा है। वह कर्म से न तो बढ़ता है, न घटता है। उसी को जाननेवाला होना चाहिए। उसको जान लेने के बाद मनुष्य पाप से लिप्त नहीं होता। अतः इस तरह का ज्ञानी शान्त, आन्तरिक तृष्णा से रहित, सभी इच्छाओं से मुक्त, सुख-दुःखादि को सहन करनेवाला एकाग्र होकर आत्मा में ही आत्मा को देखता है। इस प्रकार देखनेवाले ब्रह्मवेत्ता को पाप का दोष नहीं लगता। वह सब पापों को तैर जाता है। पाप उसको सताता नहीं है, बल्कि सब पापों को वह सताता है। वह पापरहित, निष्काम और संशयरहित ब्रह्मज्ञ होता है। यह ब्रह्मलोक है। हे सम्राट् ! उस ब्रह्मलोक को तुम पहुँच चुके हो।" इस प्रकार याज्ञवल्क्य ने जनक से कहा। तब जनक बोला कि—"यह मैं (जनक) आप महानुभाव को विदेह प्रदेश का राज्य देता हूँ और (साथ ही साथ) अपने आपको (स्वयं को) सेवक के नाते काम करने के लिए देता हूँ।"

स वा एष महानज आत्माऽन्नादो वसुदानो विन्दते वसु य एवं वेद ॥24॥

तब याज्ञवल्क्य बोले—"जन्मरहित यह महान् आत्मा ही अन्नभक्षक और धन-वसु-रूपी कर्मफलों का देनेवाला है।

स वा एष महानज आत्माऽजरोऽमरोऽमृतोऽभयो ब्रह्माभयं वै ब्रह्माभयꣳ हि वै ब्रह्म भवति य एवं वेद ॥25॥

इति चतुर्थं ब्राह्मणम् ॥

यही वह महान् जन्मरहित आत्मा जरारहित, मरणरहित, अमृत और अभय ब्रह्म है। ब्रह्म अभय है। जो मनुष्य ब्रह्म को इस तरह जानता है, वह स्वयं अभय हो जाता है।

(यहाँ चौथा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमं ब्राह्मणम्

अथ ह याज्ञवल्क्यस्य द्वे भार्ये बभूवतुर्मैत्रेयी च कात्यायनी च तयोर्ह मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी बभूव स्त्रीप्रज्ञैव तर्हि कात्यायन्यथ ह याज्ञवल्क्योऽन्यद्वृत्तमुपाकरिष्यन् ॥1॥

याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ थीं। एक का नाम मैत्रेयी और दूसरी का नाम कात्यायनी था। उनमें मैत्रेयी को ब्रह्म के विषय में रस था, जबकि कात्यायनी स्त्री-साधारण बुद्धिवाली थी। याज्ञवल्क्य को (संसार छोड़कर) अन्य चर्या (आश्रम = संन्यासाश्रम) में जाने की इच्छा हुई।

मैत्रेयीति होवाच याज्ञवल्क्यः प्रव्रजिष्यन्वा अरेऽयमस्मात्स्थानादस्मि हन्त तेऽनया कात्यायन्याऽन्तं करवाणीति ॥2॥

"हे मैत्रेयी! मैं अब यह गृहस्थाश्रम छोड़कर यहाँ से चला जानेवाला हूँ। तो इस कात्यायनी के साथ तुम्हारा (सम्पत्ति का) बँटवारा कर दूँ।"—इस प्रकार याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी से कहा।

सा होवाच मैत्रेयी यन्नु म इयं भगोः सर्वा पृथिवी वित्तेन पूर्णा स्यात्स्यां न्वहं तेनामृताऽऽहो 3 नेति नेति होवाच याज्ञवल्क्यो यथैवोपकरणवतां जीवितं तथैव ते जीवितꣳ स्यादमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेनति ॥3॥

तब मैत्रेयी बोलीं—"हे भगवन्! यदि धन से भरपूर यह सारी धरती मेरी हो जाए, तो उससे मैं क्या अमृतरूप हो सकती हूँ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"अरे! नहीं रे! नहीं! तब तो केवल जैसे साधनसम्पन्न मनुष्यों का जीवन होता है, वैसा ही तुम्हारा जीवन होगा। अमृतत्व की तो धन से आशा भी नहीं हो सकती"।

सा होवाच मैत्रेयी येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्यां यदेव भगवान्वेद तदेव मे ब्रूहीति ॥4॥

तब मैत्रेयी ने कहा—"जिससे मैं अमृत न बन सकूँ, उसके लिए मैं क्या-क्या करूँ? आप जो (अमृत बनने की रीति) जानते हैं, वह मुझे बताइए।"

स होवाच याज्ञवल्क्यः प्रिया वै खलु नो भवती सती प्रियमवृधत् हन्त तर्हि भवत्येतद्व्याख्यास्यामि ते व्याचक्षाणस्य तु मे निदिध्यासस्वेति ॥5॥

तब याज्ञवल्क्य बोले—"मैत्रेयी! तुम मुझे प्यारी तो पहले से ही थी। और अब तो अधिक प्यारी हो गई हो। अच्छा, मैं तुम्हें समझा देता हूँ। जैसे-जैसे मैं कहता जाऊँ वैसे उस पर गहरा चिन्तन करो।

स होवाच न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति न वा अरे पुत्राणां कामाय पुत्राः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय पुत्राः प्रिया भवन्ति न वा अरे वित्तस्य कामाय वित्तं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय वित्तं प्रियं भवति न वा अरे पशूनां कामाय पशवः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय पशवः प्रिया भवन्ति न वा अरे ब्रह्मणः कामाय ब्रह्म प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय ब्रह्म प्रियं भवति न वा अरे क्षत्रस्य कामाय क्षत्रं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय क्षत्रं प्रियं भवति न वा अरे लोकानां कामाय लोकाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय लोकाः प्रिया भवन्ति न वा अरे देवानां कामाय देवाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय देवाः प्रिया भवन्ति न वा अरे वेदानां कामाय वेदाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय वेदाः प्रिया भवन्ति न वा अरे भूतानां कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्त्यात्मनस्तु कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्ति न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनि खल्वरे दृष्टे श्रुते मते विज्ञात इदꣳ सर्वं विदितम् ॥6॥

याज्ञवल्क्य ने कहा—पति के लिए पति प्रिय नहीं लगता, पर आत्मा के लिए पति प्रिय लगता है। पत्नी के लिए पत्नी प्रिय नहीं लगती, पर आत्मा के लिए पत्नी प्रिय लगती है। अरे! पुत्रों के लिए पुत्र प्यारे नहीं लगते आत्मा के लिए ही पुत्र प्यारे लगते हैं। धन के लिए धन प्यारा नहीं लगता, आत्मा के लिए धन प्यारा लगता है। पशुओं के लिए पशु प्यारे नहीं लगते, पर आत्मा के लिए पशु प्यारे लगते हैं। ब्राह्मण के लिए ब्राह्मण प्रिय नहीं लगता पर आत्मा के लिए ब्राह्मण प्रिय लगता है। क्षत्रिय के लिए क्षत्रिय प्रिय नहीं लगता, आत्मा के लिए क्षत्रिय प्रिय लगता है। लोगों के लिए लोग अच्छे नहीं लगते, आत्मा के लिए लोग अच्छे लगते हैं। देवों के लिए देव प्रिय नहीं लगते, आत्मा के लिए देव प्रिय लगते हैं। वेदों के लिए वेद अच्छे नहीं लगते, आत्मा के लिए ही वेद प्रिय लगते हैं। अरे! प्राणियों के लिए प्राणी प्रिय नहीं लगते, आत्मा के लिए ही प्राणी प्रिय लगते हैं। अरे! सबके लिए सब प्रिय नहीं लगता, आत्मा के लिए ही सब कुछ प्रिय लग रहा है। अरे मैत्रेयी! उस आत्मा को देखना चाहिए, उसे सुनना चाहिए, उसका चिन्तन करना चाहिए, उसका ध्यान करना चाहिए। आत्मा को देखने के बाद, सुनने के बाद, सोचने के बाद, उसका ध्यान करने के बाद सब कुछ जाना जा सकता है।

ब्रह्म तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनो ब्रह्म वेद क्षत्रं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः क्षत्रं वेद लोकास्तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो लोकान्वेद देवास्तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो देवान्वेद वेदास्तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो वेदान्वेद भूतानि तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो भूतानि वेद सर्वं तं परादाद्योऽन्यत्रात्मनः सर्वं वेदेदं ब्रह्मेदं क्षत्रमिमे लोका इमे देवा इमे वेदा इमानि भूतानीदꣳ सर्वं यदयमात्मा ॥7॥

जो मनुष्य ब्राह्मण को आत्मा से अलग मानता है, उसे ब्राह्मण परास्त कर देता है (अलग कर देता है), जो क्षत्रिय को ब्रह्म से भिन्न मानता है, उसे क्षत्रिय परास्त कर देता है । जो लोगों को ब्रह्म से भिन्न मानता है, उसे लोग अपने से अलग कर देते हैं। जो देवों को ब्रह्म (आत्मा) से अलग मानता है उसे देव अपने से अलग कर देते हैं। जो वेदों को ब्रह्म से अलग मानता है, उसे वेद पराजित (पृथक्) कर देते हैं, जो प्राणियों को आत्मा से अलग मानता है, उसे प्राणी अपने से पृथक् कर देते हैं। यह ब्राह्मण, यह क्षत्रिय, ये लोग, ये देव, ये वेद, ये प्राणी—यह जो कुछ भी है, वह सब आत्मरूप (ब्रह्मरूप) ही है।

स यथा दुन्दुभेर्हन्यमानस्य न बाह्याञ्छब्दाञ्छक्नुयाद्ग्रहणाय दुन्दुभेस्तु ग्रहणेन दुन्दुभ्याघातस्य वा शब्दो गृहीतः ॥8॥

जैसे बजाए जानेवाले दुन्दुभि आदि की आवाजें बाहर से नहीं पकड़ी जा सकतीं, पर दुन्दुभि के अथवा उसे बजाने वाले के पकड़े जाने से ही आवाज पकड़ी जाती है, वैसे ही आत्मा का भी है।

स यथा शङ्खस्य ध्यायमानस्य न बाह्याञ्छब्दाञ्छक्नुयाद्ग्रहणाय शङ्खस्य तु ग्रहणेन शङ्खध्मस्य वा शब्दो गृहीतः ॥9॥

जैसे फूँके जानेवाले शंख की आवाजें बाहर से नहीं पकड़ी जा सकतीं, परन्तु शंख के या फूँकनेवाले के पकड़े जाने पर आवाज पकड़ी जाती है, वैसे ही आत्मा का भी है।

स यथा वीणायै वाद्यमानायै न बाह्याञ्छब्दाञ्छक्नुयाद्ग्रहणाय वीणायास्तु ग्रहणेन वीणावादस्य वा शब्दो गृहीतः ॥10॥

जैसे बजाई जानेवाली वीणा के स्वर बाहर से नहीं पकड़े जा सकते, परन्तु वीणा के अथवा वीणावादक के पकड़े जाने से वीणा का स्वर पकड़ा जा सकता है, वैसे ही आत्मा का भी है।

स यथार्द्रेन्धाग्नेरभ्याहितस्य पृथग्धूमा विनिश्चरन्त्येवं वा अरेऽस्य महतो भूतस्य निःश्वसितमेतद्यदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानीष्टꣳ हुतमाशितं पायितमयं च लोकः परश्च लोकः सर्वाणि च भूतान्यस्यैवैतानि सर्वाणि निःश्वसितानि ॥11॥

जैसे भीगी लकड़ियों से जलाई अग्नि से तरह-तरह का धुआँ निकलता है, वैसे ही अरे मैत्रेयी ! यह जो ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, विद्याएँ (उपासनाएँ), उपनिषदें, श्लोक, सूत्र, मंत्रविवरण, अर्थवाद एवं यज्ञ, हुत, खिलाया हुआ, पिलाया गया, यह लोक और परलोक, सभी प्राणी—यह सभी कुछ उस महाभूत (आत्मा) के निःश्वास रूप ही है।

स यथा सर्वासामपाꣳ समुद्र एकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ स्पर्शानां त्वगेकायनमेवꣳ सर्वेषां गन्धानां नासिके एकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ रसानां जिह्वैकायनमेवꣳ सर्वेषाꣳ रूपाणा चक्षुरेकायनमेवꣳ सर्वेषांꣳ शब्दानाꣳ श्रोत्रमेकायनमेवꣳ सर्वेषांꣳ संकल्पानां मन एकायनमेवꣳ सर्वासां विद्यानाꣳ हृदयमेकायनमेवꣳ सर्वेषां कर्मणाꣳ हस्तावेकायनमेवꣳ सर्वेषामानन्दानामुपस्थ एकायनमेवꣳ सर्वेषां विसर्गाणां पायुरेकायनमेवꣳ सर्वेषामध्वनां पादावेकायनमेवꣳ सर्वेषां वेदानां वागेकायनम् ॥12॥

जैसे सब जलों का एक मिलनस्थान सागर है, सब स्पर्शों का एक मिलनस्थान त्वचा है, सब गन्धों का एक मिलनस्थान नासिकाएँ हैं, सब रसों का एक मिलनस्थान जीभ है, सब रूपों का एक मिलनस्थान चक्षु है, सब शब्दों का एक मिलनस्थान श्रोत्र है, सब संकल्पों का एक मिलनस्थान मन है, सब विद्याओं का एक मिलनस्थान हृदय है, सभी कर्मों का एक मिलनस्थान दो हाथ हैं, सभी आनन्दों का एक मिलनस्थान जैसे उपस्थ है (गुह्येन्द्रिय है), जैसे सभी मलत्यागों का एक मिलनस्थान गुदा है, जैसे सब मार्गों का एक मिलनस्थान दो पैर हैं और सब वेदों का एक मिलनस्थान वाणी है।

स यथा सैन्धवघनोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नो रसघन एवैवं वाऽरेऽयमात्मानन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति न प्रेत्य संज्ञास्तीत्यरे ब्रवीमीति होवाच याज्ञवल्क्यः ॥13॥

जैसे नमक का ढेला भीतर-बाहर के भेद बिना पूर्णरूप से एक रसवाला (खारा) ही होता है, वैसे ही अरे मैत्रेयी ! यह आत्मा भी भीतर-बाहर के भेदभाव से रहित पूर्ण रूप से प्रज्ञानघन ही है। वह इन्हीं पाँच महाभूतों में से उठकर वह उन भूतों के बाद नष्ट होता है, मरने के बाद उसकी कोई संज्ञा नहीं रहती, ऐसा मैं कहता हूँ।''—यह याज्ञवल्क्य बोले।

सा होवाच मैत्रेय्यत्रैव मा भगवान्मोहान्तमापीपिपन्न वा अहमिमं विजानामीति स होवाच न वा अरेऽहं मोहं ब्रवीम्यविनाशी वाऽरेऽयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा ॥14॥

तब मैत्रेयी ने कहा—''आप महानुभाव ने तो मुझे यहाँ (इस बात में) असमंजस में डाल दिया ! यह बात तो मेरी समझ में नहीं आती।'' तब याज्ञवल्क्य बोले—''असमंजस में डाले ऐसी तो कोई बात मैं कहता नहीं हूँ। अरे मैत्रेयी ! यह आत्मा अविनाशी है, उसका धर्म ही नाश न होने का है''।

यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति तदितर इतरं जिघ्रति तदितर इतरꣳ रसयते तदितर इतरमभिवदति तदितर इतरꣳ शृणोति तदितर इतरं मनुते तदितर इतरꣳ स्पृशति तदितर इतरं विजानाति यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्तत्केन कं जिघ्रेत्तत्केन कꣳ रसयेत्तत्केन कमभिवदेत्तत्केन कꣳ शृणुयात्तत्केन कं मन्वीत तत्केन कꣳ स्पृशेत्तत्केन कं विजानीयाद्येनेदꣳ सर्वं विजानाति तं केन विजानीयात्स एष नेति नेत्यात्माऽगृह्यो न हि गृह्यतेऽशीर्यो न हि शीर्यतेऽसङ्गो न हि सज्यते-

ऽसितो न व्यथते न रिष्यति विज्ञातारमरे केन विजानीयादित्युक्ता-नुशासनासि मैत्रेय्येतावदरे खल्वमृतत्वमिति होक्त्वा याज्ञवल्क्यो विजहार ॥15॥

इति पञ्चमं ब्राह्मणम् ॥

"जहाँ द्वैतावस्था (अज्ञानजनित स्थिति) होती है, वहाँ एक-दूसरे को देखता है, एक-दूसरे को सूँघता है, एक-दूसरे का स्वाद लेता है, एक-दूसरे से बोलता है, एक-दूसरे को सुनता है, एक-दूसरे को सोचता है, एक-दूसरे का स्पर्श करता है, एक-दूसरे को जानता है; परन्तु जब मनुष्य के लिए सभी कुछ आत्मा ही हो गया तो वहाँ किसके द्वारा किसको देखेगा ? किसके द्वारा किसको सूँघेगा ? किसके द्वारा किसका स्वाद लेगा ? किसके द्वारा किसको बोलेगा ? तब किसके द्वारा किसको सुनेगा ? तब किसके द्वारा किसको सोचेगा ? तब किसके द्वारा किसको स्पर्श करेगा ? तब किसके द्वारा किसको जानेगा ? जो सबको जानता है, उसे किस साधन से जाना जा सकता है ? वह 'नेति नेति' (अतद् व्यावृत्ति) से निर्दिष्ट हुआ आत्मा पकड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि वह पकड़ने योग्य नहीं है। वह अविनाशी है, क्योंकि वह विनाश के योग्य नहीं है। वह असंग है, क्योंकि वह किसी में लिपटता नहीं है। वह अबद्ध (बन्धनरहित) है। वह व्यथित और क्षीण नहीं होता। हे मैत्रेयी ! स्वयं विज्ञाता को (जाननेवाले को) भला किस साधन के द्वारा पाया जा सकता है ? हे मैत्रेयी ! इस प्रकार तुमको उपदेश दिया गया। हे मैत्रेयी ! यह तुम अवश्य ही जान लो कि केवल इतना ही (यही) अमृत है।" ऐसा कहकर याज्ञवल्क्य ने सर्वस्व का त्याग किया और परिव्राजक हो गए।

(यहाँ पाँचवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

षष्ठं ब्राह्मणम्

अथ वꣳशः (पौतिमाष्यात्) पौतिमाष्यो गौपवनाद्गौपवनः पौतिमाष्या-त्पौतिमाष्यो गौपवनाद्गौपवनः कौशिकात्कौशिकः कौण्डिन्यात्कौण्डि-न्यः शाण्डिल्याच्छाण्डिल्यः कौशिकाच्च गौतमाच्च गौतमः ॥1॥

अब वंश कहा जाता है—(यह ज्ञान) पौतिमाष्य ने गोपवन से, गोपवन ने दूसरे पौतिमाष्य से, पौतिमाष्य ने दूसरे गोपवन से, गोपवन ने कौशिक से, कौशिक ने कौन्डिन्य से, कौन्डिन्य ने शाण्डिल्य से, शाण्डिल्य ने दूसरे कौशिक और गौतम से और गौतम ने—

आग्निवेश्यादाग्निवेश्यो गार्ग्याद्गार्ग्यो गार्ग्याद्गार्ग्यो गौतमाद्गौतमः सैतवात्सैतवः पाराशर्यायणात्पाराशर्यायणो गार्ग्यायणाद्गार्ग्यायण उद्दालकायनादुद्दालकायनो जाबालायनाज्जाबालायनो माध्यन्दि-नायनान्माध्यन्दिनायनः सौकरायणात्सौकरायणः काषायणात्काषायणः सायकायनात्सायकायनः कौशिकायनेः कौशिकायनिः ॥2॥

आग्निवेश्य से, आग्निवेश्य ने गार्ग्य से, गार्ग्य ने दूसरे गार्ग्य से, उस गार्ग्य ने गौतम से, गौतम ने सैतव से, सैतव ने पाराशर्यायण से, पाराशर्यायण ने गार्ग्यायण से, गार्ग्यायण ने उद्दालकायन से, उद्दालकायन ने जाबालायन से, जाबालायन ने माध्यन्दिनायन से, माध्यन्दिनायन ने सौकरायण से, सौकरायण ने काषायण से, काषायण ने सायकायन से, सायकायन ने कौशिकायनि से, कौशिकायनि ने—

घृतकौशिकाद्घृतकौशिकः पाराशर्यायणात्पाराशर्यायणः पाराशर्या-त्पाराशर्यो जातूकर्ण्याज्जातूकर्ण्य आसुरायणाच्च यास्काच्चासुरायण-स्त्रैवणेस्त्रैवणिरौपजन्धनेरौपजन्धनिरासुरेरासुरिर्भारद्वाजाद्भारद्वाज आत्रे-यादात्रेयो माण्टेर्माण्टिर्गौतमाद्गौतमो गौतमाद्गौतमो वात्स्याद्वात्स्यः शाण्डिल्याच्छाण्डिल्यः कैशोर्यात्काप्यात्कैशोर्यः काप्यः कुमारहारि-तात्कुमारहारितो गालवाद्गालवो विदर्भीकौण्डिन्याद्विदर्भीकौण्डिन्यो वत्सनपातो बाभ्रवाद्वत्सनपाद्बाभ्रवः पथः सौभरात्पन्थाः सौभरोऽया-स्यादाङ्गिरसादयास्य आङ्गिरस आभूतेस्त्वाष्ट्रादाभूतिस्त्वाष्ट्रो विश्व-रूपात्त्वाष्ट्राद्विश्वरूपस्त्वाष्ट्रोऽश्विभ्यामश्विनौ दधीच आथर्वणाद्दध्यङ्ङा-थर्वणो दैवादथर्वादैवो मृत्योः प्राध्वꣳसनान्मृत्युः प्राध्वꣳसनः प्रध्वꣳ-सनात्प्रध्वꣳसन एकर्षेरेकर्षिर्विप्रचित्तेर्विप्रचित्तिर्व्यष्टेर्व्यष्टिः सनारोः सनारुः सनातनात्सनातनः सनगात्सनगः परमेष्ठिनः परमेष्ठी ब्रह्मणो ब्रह्म स्वयंभु ब्रह्मणे नमः ॥3॥

इति षष्ठं ब्राह्मणम् ॥

इति बृहदारण्यकोपनिषदि चतुर्थोऽध्यायः ॥4॥

घृतकौशिक से, घृतकौशिक ने पाराशर्यायण से, पाराशर्यायण ने पाराशर्य से, पाराशर्य ने जातूकर्ण्य से, जातूकर्ण्य ने आसुरायण और यास्क से, आसुरायण ने त्रैवणि से, त्रैवणि ने औपजन्धनि से, औपजन्धनि ने आसुरि से, आसुरि ने भारद्वाज से, भारद्वाज ने आत्रेय से, आत्रेय ने माण्टि से, माण्टि ने गौतम से, गौतम ने दूसरे गौतम से, उस गौतम ने वात्स्य से, वात्स्य ने शाण्डिल्य से, शाण्डिल्य ने कैशोर्य काप्य से, कैशोर्य काप्य ने कुमार हारित से, कुमार हारित ने गालव से, गालव ने विदर्भी कौण्डिन्य से, विदर्भी कौण्डिन्य ने वत्सनपाद् बाभ्रव से, वत्सनपाद् बाभ्रव ने पन्था सौभर से, पन्था सौभर ने अयास्य आंगिरस से, अयास्य आंगिरस ने आभूति त्वाष्ट्र से, आभूति त्वाष्ट्र ने विश्वरूप त्वाष्ट्र से, विश्वरूप त्वाष्ट्र ने अश्विनीकुमारों से, अश्विनीकुमारों ने दध्यङ् आथर्वण से, दध्यङ् आथर्वण ने अथर्वा दैव से, अथर्वा दैव ने मृत्यु प्राध्वंसन से, मृत्यु प्राध्वंसन ने प्रध्वंसन से, प्रध्वंसन ने एकर्षि से, एकर्षि ने विप्रचिति से, विप्रचिति ने व्यष्टि से, व्यष्टि ने सनारु से, सनारु ने सनातन से, सनातन ने सनग से, सनग ने परमेष्ठी से, परमेष्ठी ने ब्रह्म से यह विद्या ली है। ब्रह्म स्वयंभू है। उस ब्रह्म को नमस्कार।

(यहाँ छठा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

यहाँ बृहदारण्यकोपनिषद् में चौथा अध्याय समाप्त होता है।

❋

अथ पञ्चमोऽध्यायः

प्रथमं ब्राह्मणम्

खिलकाण्ड—परिशिष्ट काण्ड के आरंभ में शान्तिपाठ—

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥

ॐ यह पूर्ण ब्रह्म है, यह जगत् पूर्ण है, उस पूर्ण ब्रह्म में से यह पूर्ण जगत् उत्पन्न हुआ है। उस पूर्ण ब्रह्म में से इस पूर्ण जगत् को निकाल लें, तो भी पूर्ण ब्रह्म ही शेष रहता है।

ॐ ३ खं ब्रह्म खं पुराणं वायुरं खमिति ह स्माह कौरव्यायणीपुत्रो
वेदोऽयं ब्राह्मणा विदुर्वेदैनेन यद्वेदितव्यम् ॥1॥

इति प्रथमं ब्राह्मणम् ॥

आकाश ब्रह्म ॐकार है, आकाश (चैतन्य) सनातन परमात्मा है। जिसमें वायु रहता है, वह आकाश ही 'ख' है।'—इस प्रकार कौरव्यायणी पुत्र ने कहा है। यह ॐकार वेद है, ऐसा ब्राह्मण जानते हैं (क्योंकि) जो ज्ञेय (जानने योग्य) है, वह ॐकार से ही जाना जा सकता है।

(यहाँ पहला ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयं ब्राह्मणम्

त्रयः प्राजापत्याः प्रजापतौ पितरि ब्रह्मचर्यमूषुर्देवा मनुष्या असुरा
उषित्वा ब्रह्मचर्यं देवा ऊचुर्ब्रवीतु नो भवानिति तेभ्यो हैतदक्षरमुवाच द
इति व्यज्ञासिष्टा ३ इति व्यज्ञासिष्मेति होचुर्दाम्यतेति न आत्थेत्योमिति-
होवाच व्यज्ञासिष्टेति ॥1॥

देव, मनुष्य और असुर—ये तीन प्रजापति के पुत्र पिता के यहाँ ब्रह्मचर्य का पालन और अभ्यास करते हुए रहते थे। ब्रह्मचर्य पालन और अभ्यास के बाद देवों ने कहा—"हमें उपदेश दीजिए।" उनसे प्रजापति ने 'द' यह अक्षर कहा। (और पूछा—) 'समझ गए न ?' (तब देवों ने कहा—) "हाँ, समझ गए, आपने हमें 'दमन करो'—ऐसा उपदेश दिया है।" प्रजापति ने कहा—"ठीक है। तुम समझ गए हो।"

अथ हैनं मनुष्या ऊचुर्ब्रवीतु नो भवानिति तेभ्यो हैतदेवाक्षरमुवाच द इति
व्यज्ञासिष्टा ३ इति व्यज्ञासिष्मेति होचुर्दत्तेति न आत्थेत्योमिति होवाच
व्यज्ञासिष्टेति ॥2॥

इसके बाद मनुष्यों ने उनसे कहा—"हमें उपदेश दीजिए।" उनसे भी (प्रजापति ने) वही अक्षर 'द' कहा। (प्रजापति ने पूछा—) "जान गए क्या ?" उन्होंने कहा—हाँ, जान गए। आपने हमें 'दान करो'—ऐसा कहा है। (प्रजापति बोले—) "ठीक है तुम समझ गए हो।'

अथ हैनमसुरा ऊचुर्ब्रवीतु नो भवानिति तेभ्यो हैतदेवाक्षरमुवाच द इति
व्यज्ञासिष्टा ३ इति व्यज्ञासिष्मेति होचुर्दयध्वमिति न आत्थेत्योमिति

होवाच व्यज्ञासिष्टेति तदेतदेवैषा दैवी वागनुवदति स्तनयित्नुर्द द इति
दाम्यत दत्त दयध्वमिति तदेतत्त्रयꣳ शिक्षेद्दमं दानं दयामिति ॥3॥

इति द्वितीयं ब्राह्मणम् ॥

बाद में असुरों ने (प्रजापति से) कहा—"आप हमें उपदेश दीजिए।" तब उन्होंने वही अक्षर 'द' कहा (और पूछा)—'जान गए क्या ?' (असुरों ने कहा—) हाँ, जान गए। (आपने हमें) 'दया रखो' ऐसा कहा है। (प्रजापति ने कहा—) "ठीक है तुम समझ गए हो।" यह प्रजापति के अनुशासन की मेघगर्जना दैवीवाणी का अनुकथन करती है। अर्थात् दमन करो, दान करो, दया करो। इसलिए दया, दान और दमन—तीनों सीखना चाहिए।

(यहाँ दूसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

तृतीयं ब्राह्मणम्

एष प्रजापतिर्यद्धृदयमेतद्ब्रह्मैतत्सर्वं तदेतत्त्र्यक्षरꣳहृदयमिति 'ह्रृ' इत्ये-
कमक्षरमभिहरन्त्यस्मै स्वाश्चान्ये च य एवं वेद द इत्येकमक्षरं ददत्यस्मै
स्वाश्चान्ये च य एवं वेद यमित्येकमक्षरमेति स्वर्गं लोकं य एवं वेद ॥1॥

इति तृतीयं ब्राह्मणम्।

जो यह हृदय है, वह प्रजापति है, वह ब्रह्म है, वह सब कुछ है। इसमें ह्रृ द यं ऐसे तीन अक्षर हैं। इसमें 'ह्रृ' प्रथम अक्षर है, ऐसा जो जानता है उसके लिए अपने और दूसरे लोग भेंट आदि लाते हैं। 'द' एक अन्य अक्षर है—ऐसा जाननेवाले के लिए अपने और पराये लोग देते हैं। और 'य' एक अन्य (तीसरा) अक्षर है। ऐसा जो जानते हैं, वे स्वर्ग में जाते हैं॥

(यहाँ तीसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थं ब्राह्मणम्

तद्वैतदेव तदास सत्यमेव स यो हैतं महद्यक्षं प्रथमजं वेद सत्यं ब्रह्मेति
जयतीमाँल्लोकान् जित इन्ववसावसद्य एवमेतं महद्यक्षं प्रथमजं वेद सत्यं
ब्रह्मेति सत्यꣳ होव ब्रह्म ॥1॥

इति चतुर्थं ब्राह्मणम् ॥

वह (हृदयरूप) ब्रह्म ही सत्य है, वही पहले था। वही है कि जो सत्य है। "वह महान्, सत्य, आदरणीय और सबसे पहले जन्मा है"—ऐसा जो मनुष्य जानता है उस मनुष्य के शत्रु जीत लिए जाते हैं और नष्ट होते हैं। ब्रह्म ही सत्य है।

(यहाँ चौथा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमं ब्राह्मणम्

आप एवेदमग्र आसुस्ता आपः सत्यमसृजन्त सत्यं ब्रह्म ब्रह्म प्रजापतिं
प्रजापतिर्देवाꣳस्ते देवाः सत्यमेवोपासते तदेतत्त्र्यक्षरꣳ सत्यमिति स

इत्येकमक्षरं तीत्येकमक्षरं यमित्येकमक्षरं प्रथमोत्तमे अक्षरे सत्यं मध्यतोऽनृतं तदेतदनृतमुभयतः सत्येन परिगृहीतꣳ सत्यभूयमेव भवति नैवं विद्वाꣳसमनृतꣳ हिनस्ति ॥1॥

यह जगत् पहले जल ही था। जल ने सत्य की रचना की। सत्य ही ब्रह्म है। ब्रह्म ने प्रजापति को उत्पन्न किया। प्रजापति ने देवों को उत्पन्न किया। वे देव सत्य की ही उपासना करते हैं। सत्य शब्द में तीन अक्षर हैं। एक पहला 'स' अक्षर है, एक दूसरा 'ती' अक्षर है और एक तीसरा 'य' अक्षर है। इनमें पहला और तीसरा अक्षर 'सत्य' है, बीच का अनृत (असत्य) है। यह अनृत दोनों ओर से सत्य से घिरा हुआ है। (इसलिए वह) सत्यप्राय ही है। जो मनुष्य यह जानता है कि सत्य का जोर अधिक होता है उसका नाश अनृत कभी नहीं करता (प्रमाद से यदि अनृत बोला गया हो, तो भी।)

तद्यत्तत्सत्यमसौ स आदित्यो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषस्तावेतावन्योन्यस्मिन्प्रतिष्ठितौ रश्मिभिरेषोऽस्मिन्प्रतिष्ठितः प्राणैरयममुष्मिन् स यदोत्क्रमिष्यन्भवति शुद्धमेवैतन्मण्डलं पश्यति नैनमेते रश्मयः प्रत्यायन्ति ॥2॥

वह जो सत्य है, वह यह आदित्य है। जो इस आदित्यमण्डल में पुरुष है और जो दाहिना आँख में (चेतन) पुरुष है—वे दोनों एक-दूसरे में अवस्थित हैं। यह आदित्य अपनी किरणों द्वारा आँख के चेतन पुरुष में बसता है और यह दाहिनी आँख का चेतन पुरुष अपने प्राणों से आदित्य में रहता है। इसलिए जब प्राण निकलने लगते हैं, तब (मनुष्य) सूर्य को स्पष्ट रूप से देखने लगता है। ये किरणें वापिस उसके पास नहीं जातीं।

य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषस्तस्य भूरिति शिर एकꣳ शिर एकमेतदक्षरं भुव इति बाहू द्वौ बाहू द्वे एते अक्षरे स्वरिति प्रतिष्ठा द्वे प्रतिष्ठे द्वे एते अक्षरे तस्योपनिषदित्यहरिति हन्ति पाप्मानं जहाति च य एवं वेद ॥3॥

सूर्यमण्डल में जो पुरुष है, उसका मस्तक 'भूः' है। सर एक होता है और यह अक्षर भी तो एक है। 'भुवः' इसके दो हाथ हैं। हाथ दो होते हैं, और ये अक्षर भी तो दो ही हैं। 'स्वः' उसकी प्रतिष्ठा (पैर) है। पैर दो होते हैं और ये अक्षर भी तो दो ही हैं। उसका रहस्यमय नाम 'अहर्' है, ऐसा जो जानता है, वह पाप का त्याग कर देता है अर्थात् वह पाप का नाश करता है।

योऽयं दक्षिणेऽक्षन्पुरुषस्तस्य भूरिति शिर एकꣳ शिर एकमेतदक्षरं भुव इति बाहू द्वौ बाहू द्वे एते अक्षरे स्वरिति प्रतिष्ठा द्वे प्रतिष्ठे द्वे एते अक्षरे तस्योपनिषदहमिति हन्ति पाप्मानं जहाति च य एवं वेद ॥4॥

इति पञ्चमं ब्राह्मणम् ॥

इस दाहिनी आँख में जो चेतन पुरुष है, उसका 'भूः' यह मस्तक है। मस्तक एक है और यह भी एक अक्षर ही है। 'भुवः' यह दो हाथ हैं। हाथ दो होते हैं, और ये अक्षर भी दो हैं। 'स्वः' उसके पैर हैं। पैर दो होते हैं, और ये अक्षर दो ही हैं। 'अहम्' उसका रहस्यमय नाम है। ऐसा जो जानता है वह पापों का नाश कर देता है।

(यहाँ पाँचवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

षष्ठं ब्राह्मणम्

मनोमयोऽयं पुरुषो भाःसत्यस्तस्मिन्नन्तर्हृदये यथा व्रीहिर्वा यवो वा स एष सर्वस्येशानः सर्वस्याधिपतिः सर्वमिदं प्रशास्ति यदिदं किंच ॥1॥

इति षष्ठं ब्राह्मणम् ॥

प्रकाशरूप सत्यवाला यह पुरुष मनोमय है। वह हृदय के भीतर चावल या यव के दाने जैसा है, वही सभी का ईश्वर है, सबका अधिपति है, और यह जो कुछ भी है, वह वही है, वही सबके ऊपर शासन करता है।

(यहाँ छठा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

सप्तमं ब्राह्मणम्

विद्युद्ब्रह्मेत्याहुर्विदानाद्विद्युद्विद्यत्येनं पाप्मनो य एवं वेद विद्युद्ब्रह्मेति विद्युद्धयेव ब्रह्म ॥1॥

इति सप्तमं ब्राह्मणम् ॥

विद्युत् ब्रह्म है—ऐसा कहते हैं। (अंधकार का) खण्डन करने से वह विद्युत् है। इसी प्रकार के गुणवाले 'विद्युद्ब्रह्म' को जो जानता है, उसके पापों को विद्युत् (ब्रह्म) नाश कर देता है, क्योंकि विद्युत् ही ब्रह्म है।

(यहाँ सातवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

अष्टमं ब्राह्मणम्

वाचं धेनुमुपासीत तस्याश्चत्वारः स्तनाः स्वाहाकारो वषट्कारो हन्तकारः स्वधाकारस्तस्यै द्वौ स्तनौ देवा उपजीवन्ति स्वाहाकारं च वषट्कारं च हन्तकारं मनुष्याः स्वधाकारं पितरस्तस्याः प्राण ऋषभो मनो वत्सः ॥1॥

इत्यष्टमं ब्राह्मणम् ॥

वाणी ही गायरूप में उपासना करनी चाहिए। इसके चार आँचल हैं—स्वाहाकार, वषट्कार, स्वधाकार और हन्तकार। देवलोक उसके 'स्वाहा' और 'वषट्'—इन दो आँचलों के आधार पर जीते हैं। मनुष्य 'हन्तकार' (के आधार पर जीते हैं) और पितृलोक 'स्वधाकार' के आधार पर जीते हैं। उसका प्राण ही ऋषभ है और मन बछड़ा है।

(यहाँ आठवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

नवमं ब्राह्मणम्

अयमग्निर्वैश्वानरो योऽयमन्तः पुरुषे येनेदमन्नं पच्यते यदिदमद्यते तस्यैष घोषा भवति यमेतत्कर्णावपिधाय शृणोति स यदोत्क्रमिष्यन्भवति नैनं घोषꣳ शृणोति ॥1॥

इति नवमं ब्राह्मणम् ॥

मनुष्य के भीतर जो यह अग्नि है, वह वैश्वानर अग्नि है, जिससे वह अन्न पचाया जाता है, जो खाया जाता है। उसी की यह आवाज होती है। जिस आवाज को दोनों कान बन्द करके मनुष्य सुनता है। जब मनुष्य उत्क्रमण करने की तैयारी करता है अर्थात् शरीर से चले जाने की तैयारी करता है, तब यह आवाज वह नहीं सुन सकता।

(यहाँ नौवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

दशमं ब्राह्मणम्

यदा वै पुरुषोऽस्माल्लोकात्प्रैति स वायुमागच्छति तस्मै स तत्र विजिहीते यथा रथचक्रस्य खं तेन स ऊर्ध्व आक्रमते स आदित्यमागच्छति तस्मै स तत्र विजिहीते यथा लम्बरस्य खं तेन स ऊर्ध्व आक्रमते स चन्द्रमसमागच्छति तस्मै स तत्र विजिहीते यथा दुन्दभेः खं तेन स ऊर्ध्व आक्रमते स लोकमागच्छत्यशोकमहिमं तस्मिन्वसति शाश्वतीः समाः ॥1॥

इति दशमं ब्राह्मणम्॥

मनुष्य जब इस लोक से चला जाता है अर्थात् मृत्यु को प्राप्त करता है, तब वायु के पास जाता है। वायु अपने को उसके लिए रथ के पहिए के छिद्र जैसा बनकर उसे दे देता है, जिसके द्वारा वह ऊपर जाता है। फिर वह सूर्य के पास जाता है। सूर्य अपने को उसके लिए लम्बर नाम के वाजिन्त्र के छिद्र जैसा बना देता है। उससे वह ऊपर चढ़ता है। वह चन्द्रमा के पास जाता है। चन्द्र उसके लिए अपने आपको नगारे के काने (छिद्र) जैसा बना देता है। उसके द्वारा मनुष्य ऊपर चढ़ता है, और ऐसे लोक में आता है, जहाँ (मन के या शरीर के) दुःख नहीं होते। और उसमें बहुत-बहुत वर्षों तक (अनगिनत वर्षों तक) निवास करता है।

(यहाँ दसवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

एकादशं ब्राह्मणम्

एतद्वै परमं तपो यद्व्याहितस्तप्यते परमꣳ हैव लोकं जयति य एवं वेदैतद्वै परमं तपो यं प्रेतमरण्यꣳ हरन्ति परमꣳ हैव लोकं जयति य एवं वेदैतद्वै परमं तपो यं प्रेतमग्नावभ्यादधति परमꣳ हैव लोकं जयति य एवं वेद ॥1॥

इत्यैकादशं ब्राह्मणम्॥

रोगग्रस्त मनुष्य का शरीर जो तपता है, वह बड़ा तप है—इस प्रकार जो जानता है वह परमलोक को जीत लेता है। मरे हुए मनुष्य को जो वन में ले जाता है, वह सचमुच बड़ा तप है—ऐसा जो जान लेता है, वह परमलोक को जीत लेता है। मरे हुए मनुष्य के शरीर को जो चारों ओर अग्नि में रख देता है, वह बड़ा तप है—ऐसा जो जानता है, वह परम लोक को जीत लेता है (उसकी अच्छी गति होती है)।

(यहाँ ग्यारहवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

द्वादशं ब्राह्मणम्

अन्नं ब्रह्मेत्येक आहुस्तन्न तथा पूयति वा अन्नमृते प्राणात्प्राणो ब्रह्मेत्येक आहुस्तन्न तथा शुष्यति वै प्राण ऋतेऽन्नादेते ह त्वेव देवते एकधाभूयं भूत्वा परमतां गच्छतस्तद्ध स्माह प्रातृदः पितरं किꣳस्विदेवैवं विदुषे साधु कुर्यां किमेवास्मा असाधु कुर्यामिति स ह स्माह पाणिना मा प्रातृदः कस्त्वेनयोरेकधाभूयं भूत्वा परमतां गच्छतीति तस्मा उ हैतदुवाच वीत्यन्नं वै व्यन्ने हीमानि सर्वाणि भूतानि विष्टानि रमिति प्राणो वै रं प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि रमन्ते सर्वाणि ह वा अस्मिन्भूतानि विशन्ति सर्वाणि भूतानि रमन्ते य एवं वेद ॥1॥

इति द्वादशं ब्राह्मणम्॥

कुछ लोग कहते हैं—'अन्न ब्रह्म है।' पर वह ठीक नहीं, क्योंकि प्राण के बिना अन्न सड़ जाता है। कुछ लोग कहते हैं 'प्राण अन्न है।' वह भी ठीक नहीं। क्योंकि अन्न के बिना प्राण सूख जाते हैं। पर ये दोनों देव एकरूपता को प्राप्त कर परमभाव प्राप्त करते हैं। परमोच्च स्थिति को प्राप्त करते हैं, ऐसा निश्चय करके प्रातृद ने अपने पिता से कहा—"जिस मनुष्य को ऐसा ज्ञान है, उस मनुष्य का मैं क्या अच्छा या बुरा कर सकता हूँ?" तब पिता ने हाथ हिलाकर कहा—"प्रातृद! ऐसा मत कहो। इन दोनों (प्राण और अन्न) की एकरूपता प्राप्त करके तो भला कौन परमभाव को प्राप्त कर सकता है?" उसके पिता ने और आगे ऐसा भी कहा कि—"अन्न है वह 'वि' है। क्योंकि 'वि' रूप अन्न में ही सभी प्राणी प्रविष्ट हैं। और 'रम्' यह प्राण है। क्योंकि ये सभी प्राणी 'रम्' यानी प्राण में ही रमण करते हैं। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है, उसमें सभी प्राणी प्रवेश करते हैं, उससे सभी प्राणी आनन्द प्राप्त करते हैं।

(यहाँ बारहवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

त्रयोदशं ब्राह्मणम्

उक्थं प्राणो वा उक्थं प्राणो हीदꣳ सर्वमुत्थापयत्युद्धास्मादुक्थविद्वीरस्तिष्ठत्युक्थस्य सायुज्यꣳ सलोकतां जयति य एवं वेद ॥1॥

अब 'उक्थ' के विषय में (स्तुतिगान के विषय में) कहा जाता है। प्राण ही 'उक्थ' है क्योंकि वह सारे जगत् को उठाता है और जो मनुष्य इस प्रकार से जानता है उसके यहाँ 'उक्थ' जाननेवाले पुत्र का जन्म होता है। वह उक्थ में समा जाता है और उक्थ के लोक में बसता है।

यजुः प्राणो वै यजुः प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि युज्यन्ते युज्यन्ते हास्मै सर्वाणि भूतानि श्रैष्ठ्याय यजुषः सायुज्यꣳ सलोकतां जयति य एवं वेद ॥2॥

अब यजुष् के विषय में कहा जाता है—प्राण ही यजुष् है क्योंकि ये सभी प्राणी प्राण से ही युक्त होते हैं। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है, उसकी श्रेष्ठता को स्थापित करने के लिए सभी प्राणी एकत्रित होते हैं। वह मनुष्य यजुष् में समा जाता है और जिस लोक में यजुष् रहता है, उस लोक में निवास करता है।

साम प्राणो वै साम प्राणे हीमानि सर्वाणि भूतानि सम्यञ्चि सम्यञ्चि हास्मै सर्वाणि भूतानि श्रैष्ठ्याय कल्पन्ते साम्नः सायुज्यꣳ सलोकतां जयति य एवं वेद ॥3॥

अब सामरूप प्राण की उपासना कही जाती है—साम ही प्राण है प्राण में ही ये सभी प्राणी एकत्रित होते हैं। वे उसकी श्रेष्ठता स्थापित कर देते हैं। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है, वह साम में समा जाता है। जिस देश में साम रहता है, उसी देश को वह प्राप्त होता है।

क्षत्रं प्राणो वै क्षत्रं प्राणो ह वै क्षत्रं त्रायते हैनं प्राणः क्षणितोः प्रक्षत्रमत्राप्नोति क्षत्रस्य सायुज्यꣳ सलोकतां जयति य एवं वेद ॥4॥

इति त्रयोदशं ब्राह्मणम् ॥

अब क्षत्र के विषय में प्राणोपासना कही जाती है—प्राण ही क्षत्रियत्व है। क्योंकि प्राण ही क्षत से बचाता है (त्राण करता है)। जो मनुष्य इस प्रकार जानता है, उसे क्षत्रियत्व मिल जाता है। उस क्षत्रियत्व को अन्य किसी रक्षण की आवश्यकता नहीं रहती। जो इस प्रकार जानता है, वह क्षत्रियत्व में समा जाता है, और जिस लोक में क्षत्रियत्व रहता है, उस लोक में जाता है।

(यहाँ तेरहवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

चतुर्दशं ब्राह्मणम्

भूम्यरन्तरिक्षं द्यौरित्यष्टावक्षराण्यष्टाक्षरꣳ ह वा एकं गायत्र्यै पदमेतदु हैवास्या एतत्स यावदेषु त्रिषु लोकेषु तावद्ध जयति योऽस्या एतदेवं पदं वेद ॥1॥

भूमि, अन्तरिक्ष और द्यौ:—ये आठ अक्षर हैं। गायत्री का प्रथम पद भी तो आठ ही अक्षर वाला है। ये (भूमि आदि) ही गायत्री का प्रथम पाद है। इस प्रकार इसके पाद को जो मनुष्य जानता है, वह इस त्रिलोक में जो कुछ है, उसे जीत लेता है।

ऋचो यजूꣳषि सामानीत्यष्टावक्षराण्यष्टाक्षरꣳ ह वा एकं गायत्र्यै पदमेतदु हैवास्या एतत्स यावतीयं त्रयी विद्या तावद्ध जयति योऽस्या एतदेवं पदं वेद ॥2॥

'ऋचः यजूँषि सामानि'—ये आठ अक्षर हैं। गायत्री का एक दूसरा चरण भी आठ ही अक्षरों वाला है। जो मनुष्य इसके इस चरण को इस तरह जानता है, वह जितनी यह त्रयीविद्या है, उसका फल प्राप्त कर लेता है।

प्राणोऽपानो व्यान इत्यष्टावक्षराण्यष्टाक्षरꣳ ह वा एकं गायत्र्यै पदमेतदु हैवास्या एतत्स यावदिदं प्राणि तावद्ध जयति योऽस्या एतदेवं पदं वेदाथास्या एतदेव तुरीयं दर्शतं पदं परोरजा य एष तपति यद्वै चतुर्थं तत्तुरीयं दर्शतं पदमिति ददृश इव ह्येष परोरजा इति सर्वमु ह्येवैष रज उपर्युपरि तपत्येवꣳ हैव श्रिया यशसा तपति योऽस्या एतदेवं पदं वेद ॥3॥

प्राण, अपान और व्यान—ये आठ अक्षर हैं। गायत्री मंत्र के एक तीसरे चरण के भी तो आठ ही अक्षर हैं। ये प्राण आदि ही गायत्री का तीसरा चरण है। जो मनुष्य इस तीसरे चरण को इस प्रकार जानता है, वह जितना प्राणीसमुदाय है, उन सबको जीत लेता है। और यह जो कुछ तपता (प्रकाशता) है, वही इस गायत्री का तुरीय अर्थात् चौथा चरण है। वह दर्शत् (दिखाई देनेवाला) और परोरज (अन्धकार से उस पार का) है। 'दर्शत्' का अर्थ—'मानो दिखाई देता हो' और 'परोरज' का अर्थ—'सब रजों के (लोकों के) अंधकार के परे है।' ऐसा होता है। जो मनुष्य इसको इस प्रकार जानता है, वह तेज और यश से प्रकाशित हो जाता है।

सैषा गायत्र्येतस्मिꣳस्तुरीये दर्शते पदे परोरजसि प्रतिष्ठिता तद्वै तत्सत्ये प्रतिष्ठितं चक्षुर्वै सत्यं चक्षुर्हि वै सत्यं तस्माद्यदिदानीं द्वौ विवदमानावेयातामहमदर्शमहमश्रौषमिति य एवं ब्रूयादहमदर्शमिति तस्मा एव श्रद्दध्याम तद्वै तत्सत्यं बले प्रतिष्ठितं प्राणो वै बलं तत्प्राणे प्रतिष्ठितं तस्मादातुर्बलꣳ सत्यादोजीय इत्येवं वैषा गायत्र्यध्यात्मं प्रतिष्ठिता सा हैषा गयाꣳस्तत्रे प्राणा वै गयास्तत्प्राणाꣳस्तत्रे तद्यद्गयाꣳस्तत्रे तस्माद्गायत्री नाम स यामेवामूꣳ सावित्रीमन्वाहैषैव स यस्मा अन्वाह तस्य प्राणाꣳस्त्रायते ॥4॥

यह गायत्री इस दिखाई देनेवाले और अन्धकार के उस पार के चौथे चरण पर प्रतिष्ठित है। और वह चरण सत्य के आधार पर स्थित है। सत्य क्या है ? आँख ही सत्य है। आँख वास्तव में सत्य है, क्योंकि आज भी दो मनुष्य झगड़ते हुए आयें और उनमें से एक यदि कहे कि 'मैंने देखा' और दूसरा कहे कि 'मैंने सुना' तो 'मैंने देखा'—ऐसा कहनेवाले के ऊपर ही हम श्रद्धा रखते हैं। वह सत्य बल के आधार पर टिका हुआ है। इसलिए कहते हैं कि बल सत्य से भी ओजस्वी है। इसी प्रकार यह गायत्री शरीर में स्थित प्राण पर आधारित है। उसने 'गयों' का त्राण किया—'गय' का अर्थ है प्राण। गायत्री ने उन प्राणों का त्राण (रक्षण) किया। इसलिए इसका नाम 'गायत्री' पड़ा है। (उपवीत के समय) आचार्य ने जिस गायत्री का उपदेश दिया था वह यही है। वही गायत्री उस बटुक के प्राणों का रक्षण करती है।

ताꣳ हैतामेके सावित्रीमनुष्टुभमन्वाहुर्वागनुष्टुबेतद्वाचमनुब्रूम इति न तथा कुर्याद्गायत्रीमेव सावित्रीमनुब्रूयाद्यदिह वा अप्येवंविद्बह्विव प्रतिगृह्णाति न हैव तद्गायत्र्या एकं च न पदं प्रति ॥5॥

कुछ (वैदिक शाखाओं वाले लोग यज्ञोपवीत देते समय उपवीतार्थी को) गायत्री छन्द वाले मंत्र के बदले (तीन चरणों वाले छन्द के बदले) अनुष्टुभ् छन्द वाली (चार चरण के छन्द वाली) सावित्री का उपदेश करते हैं। और कहते हैं कि वाणी 'अनुष्टुभ्' है। इसलिए हम वाणी का उपदेश करते हैं। परन्तु, ऐसा नहीं करना चाहिए। गायत्री छन्द वाली सावित्री का ही उपदेश करना चाहिए। इस प्रकार जाननेवाला मनुष्य चाहे कितनी ही भेंटों को स्वीकार करे, तो भी वह गायत्री के एक चरण के समान भी नहीं होंगी।

स य इमाꣳस्त्रींल्लोकान्पूर्णान्प्रतिगृह्णीयात्सोऽस्या एतत्प्रथमं पदमाप्नुयादथ यावतीयं त्रयी विद्या यस्तावत्प्रतिगृह्णीयात्सोऽस्या एतद्द्वितीयं

पदमाप्नुयादथ यावदिदं प्राणि यस्तावत्प्रतिगृह्णीयात्सोऽस्या एतत्तृतीयं पदमाप्नुयादथास्या एतदेव तुरीयं दर्शतं पदं परोरजा य एष तपति नैव केनचनाप्यं कृत उ एतावत्प्रतिगृह्णीयात् ॥6॥

यदि मनुष्य धन से परिपूर्ण इन तीनों लोकों का स्वीकार करे, तो उसे गायत्री के प्रथम चरण मात्र के समान ही मानते हैं। यदि वह तीनों वेदों का ज्ञान प्राप्त कर ले, तो वह गायत्री के दूसरे चरण के बराबर ही है। यदि वह सभी प्राणियों को अपने प्रभुत्व में ले ले, तो वह गायत्री के तीसरे चरण के बराबर ही है। अन्धकार के उस पार प्रकाशित गायत्री का जो चौथा चरण दर्शनीय है, वह तपता हुआ सूर्य है। वह तो किसी से भी प्राप्त नहीं किया जा सकता। इतना बड़ा धन तो मनुष्य कैसे और कहाँ से प्राप्त कर सकता है भला ?

तस्या उपस्थानं गायत्र्यस्येकपदी द्विपदी त्रिपदी चतुष्पद्यपदसि न हि पद्यसे नमस्ते तुरीयाय दर्शताय पदाय परोरजसेऽसावदो मा प्रापदिति यं द्विष्यादसावस्मै कामो मा समृद्धीति वा न हैवास्मै स कामः समृद्ध्यते यस्मा एवमुपतिष्ठतेऽहमदः प्रापमिति वा ॥7॥

(अब) उस गायत्री का उपस्थान (बताते हैं—) हे गायत्री ! तू एकपदी (= त्रैलोक्यरूप) है, तू द्विपदी (=वेदरूप) है, तू त्रिपदी (= प्राणापानव्यानरूप) है और तू चतुष्पदी (= तुरीय) भी है। और इस सबसे परे (निरुपाधिक स्वरूप से) तू अपद् (चरणरहित) है। तू किसी से जानी नहीं जा सकती। तुम्हारे दर्शनीय, अन्धकारातीत प्रकाशित स्वरूप को नमस्कार हो।

यह गायत्री मन्त्र को जाननेवाला विद्वान यदि किसी से बैर रखता हो और उसके लिए कहे कि, 'उसकी कामना फलवती न हो' तो उसकी कामना फलदायी नहीं होती और यदि कहे कि 'उसकी कामना सफल हो' तो वह सफल हो जाती है।

एतद्ध वै तज्जनको वैदेहो बुडिलमाश्वतराश्विमुवाच यन्नु हो तद्गायत्री-विदब्रूथा अथ कथꣳ हस्तीभूतो वहसीति मुखꣳ ह्यस्याः सम्राण्न विदांच-कारेति होवाच तस्या अग्निरेव मुखं यदि ह वा अपि बह्विवाग्नावभ्याद-धति सर्वमेव तत्संदहत्येवꣳ हैवैवंविद्यद्यपि बह्विव पापं कुरुते सर्वमेव तत्संप्साय शुद्धः पूतोऽजरोऽमृतः संभवति ॥8॥

इति चतुर्दशं ब्राह्मणम् ॥

इस विषय में विदेहराज जनक ने अश्वतराश्व के पुत्र बुडिल से कहा—"तुमने कहा था न कि मैं गायत्री का जानने वाला हूँ ? तो फिर हाथी बनकर मेरा भार क्यों ढोते हो ?" तब बुडिल बोला—"सम्राट् ! मैं उस मंत्र का मुख नहीं जानता था।" तब जनक बोले—"अग्नि ही गायत्री का मुख है। लोग अग्नि में बहुत ईंधन डालते हैं, तो भी वह सबको खाक कर देता है। वैसे ही जो मनुष्य ऐसा जानता है, वह बहुत पाप करे, तो भी वह सब पापों को जला देता है, और शुद्ध एवं पवित्र होता है, उसको वृद्धत्व नहीं आता, उसे मृत्यु नहीं आती।

(यहाँ चौदहवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चदशं ब्राह्मणम्

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्। तत्त्वं पूषन्नपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये। पूषन्नेकर्षे यम सूर्य प्राजापत्य व्यूहरश्मीन्समूह तेजो यत्ते रूपं कल्याणतमं तत्ते पश्यामि योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि। वायुरनिल-ममृतमथेदं भस्मान्तꣳ शरीरम्। ॐ 3 क्रतो स्मर कृतꣳ स्मर क्रतो स्मर कृतꣳ स्मर। अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्। युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम ॥1॥

इति पञ्चदशं ब्राह्मणम् ॥

इति बृहदारण्यकोपनिषदि पञ्चमोऽध्यायः ॥5॥

हिरण्मय पात्र से सत्य (ब्रह्म) का मुख ढँक गया है। हे पूषन् ! धर्मरूप दृष्टिवाले मेरे देखने के लिए उसे खोल दो। हे पूषन् (पोषक देव) ! हे एकर्षे ! हे यम ! हे सूर्य ! हे प्राजापत्य ! अपनी किरणों को (वहाँ से) हटा लीजिए, जिससे मैं तुम्हारा जो अतिकल्याणकारी रूप है, उसे देख लूँ। (आदित्यमण्डल में स्थित) जो वह पुरुष है, वह अमृतस्वरूप मैं ही हूँ। (मरण होने पर मेरा) प्राणवायु बाह्य अनिल में (वायु में) तथा यह शरीर भस्म में मिल जाए। हे ऊँकाररूप मनोमय अग्नि ! स्मरणीय कार्यों का स्मरण कर। हे अग्नि ! मेरे किए हुए का स्मरण कर। हे अग्नि ! हमें कर्मफल की प्राप्ति के लिए शुभ मार्ग की ओर ले चल। हे देव ! तू सर्व प्राणियों के सर्वज्ञानों को जानता है। हमारे कुटिल पापों को दूर कर। हम बार-बार तेरा वन्दन करते हैं।

(यहाँ पंद्रहवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

यहाँ बृहदारण्यकोपनिषद् में पाँचवाँ अध्याय समाप्त होता है।

❋

अथ षष्ठोऽध्यायः

प्रथमं ब्राह्मणम्

ॐ यो ह वै ज्येष्ठं च श्रेष्ठं च वेद ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च स्वानां भवति प्राणो वै ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च ज्येष्ठश्च श्रेष्ठश्च स्वानां भवत्यपि च येषां बुभूषति य एवं वेद ॥1॥

ॐ जो मनुष्य सबसे बड़ी और सबसे अच्छी वस्तु को जानता है, वह स्वजनों में सबसे बड़ा और सबसे अच्छा बनता है। प्राण ही सबसे बड़ी और सबसे अच्छी वस्तु है। इस प्रकार जानकर जो उसकी (प्राण की) उपासना करता है, वह स्वजनों में सबसे बड़ा और सबसे अच्छा तो बनता ही है, पर अन्य लोगों में भी जहाँ वह चाहता है वहाँ सबसे बड़ा और सबसे अच्छा बन जाता है।

यो ह वै वसिष्ठां वेद वसिष्ठः स्वानां भवति वाग्वै वसिष्ठा वसिष्ठः स्वानां भवत्यपि च येषां बुभूषति य एवं वेद ॥2॥

यदि कोई मनुष्य किसी के उत्तम निवासस्थान रूप वस्तु को जानता है, वह स्वजनों में उत्तम आश्रयस्थान रूप बनता है। वाणी ही श्रेष्ठ है। और जो ऐसा जानता है वह अन्य लोगों में भी जहाँ वह चाहता है उत्तम आश्रयरूप बन जाता है।

यो ह वै प्रतिष्ठां वेद प्रतितिष्ठति समे प्रतितिष्ठति दुर्गे चक्षुर्वै प्रतिष्ठा चक्षुषा हि समे च दुर्गे च प्रतितिष्ठति प्रतितिष्ठति समे प्रतितिष्ठति दुर्गे य एवं वेद ॥3॥

यदि कोई मनुष्य प्रतिष्ठा को (सद्गुणयुक्त स्थिति को) जानता है (उपासना करता है), वह सुभिक्षादि अच्छे समय में अच्छी तरह से स्थिर रहता है, तथा विषम काल में भी अच्छी तरह से स्थिर रहता है। चक्षु ही प्रतिष्ठा (अच्छी स्थिति) है क्योंकि आँख के द्वारा ही अच्छे-बुरे देशकाल में मनुष्य अच्छी तरह से स्थिर रहता है। दोनों में समानरूप से रह सकता है।

यो ह वै संपदं वेद सꣳ हास्मै पद्यते यं कामं कामयते श्रोत्रं वै संपच्छ्रोत्रे हीमे सर्वे वेदा अभिसंपन्नाः सꣳहास्मै पद्यते यं कामं कामयते य एवं वेद ॥4॥

जो मनुष्य संपद को जानता (उपासना करता) है, उसकी जो भी इच्छा हो, पूर्ण होती है। कान ही संपद है। कान हो तभी सब वेद सुने जा सकते हैं। जो मनुष्य श्रोत्र की इस प्रकार से उपासना करता है, उसकी किसी भोग की कामना सरलता से पूर्ण हो सकती है।

यो ह वा आयतनं वेदायतनꣳ स्वानां भवत्यायतनं जनानां मनो ह वा आयतनमायतनꣳ स्वानां भवत्यायतनं जनानां य एवं वेद ॥5॥

जो कोई आयतन (आश्रय) को जानता (उपासना करता) है, वह स्वजनों का आश्रय बनता है, और अन्य जनों का भी आश्रयस्थान बनता है। मन ही वह आश्रय है।

यो ह वै प्रजातिं वेद प्रजायते ह प्रजया पशुभिः रेतो वै प्रजातिः प्रजायते ह प्रजया पशुभिर्य एवं वेद ॥6॥

जो प्रजाति (प्रजननशक्ति) को जानता है, वह प्रजाओं और पशुओं के द्वारा वृद्धि को प्राप्त होता है। 'वीर्य ही प्रजननशक्ति है।'—ऐसा जो जानता है, वह प्रजाओं और पशुओं से युक्त होता है।

ते हेमे प्राणा अहꣳश्रेयसे विवदमाना ब्रह्म जग्मुस्तद्ध्योचुः को नो वसिष्ठ इति तद्धोवाच यस्मिन्व उत्क्रान्त इदꣳ शरीरं पापीयो मन्यते स वो वसिष्ठ इति ॥7॥

एक बार वाग् आदि ये प्राण (इन्द्रियाँ) अपनी श्रेष्ठता (साबित करने) के लिए ब्रह्मा के पास गए। (उन्होंने पूछा—) "हममें से बड़ा कौन है ?" ब्रह्मा ने उनसे कहा—"तुममें से जिसके चले जाने से (अलग पड़ जाने से) यह शरीर अपने को अधिक पापी मानने लगे (शरीर की दुर्दशा हो) वही सबसे बड़ा है।"

वाग्घोच्चक्राम सा संवत्सरं प्रोष्यागत्योवाच कथमशकत मदृते जीवितुमिति ते होचुर्यथाऽकला अवदन्तो वाचा प्राणन्तः प्राणेन पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेण विद्वाꣳसो मनसा प्रजायमाना रेतसैवमजीविष्मेति प्रविवेश ह वाक् ॥8॥

बाद में जीभ शरीर में से चली गई। एक वर्ष तक बाहर रहकर वह वापिस आई और अन्यों से बोली—"मेरे बिना तुम लोग कैसे जी सके ?" उन इन्द्रियों ने उत्तर दिया—"जैसे गूँगे लोग वाणी से बिना बोले ही प्राणवायु से साँस लेते हुए, आँख से देखते हुए, कान से सुनते हुए, मन से जानते हुए और वीर्य से उत्पन्न हुए जीते हैं, वैसे ही हम जीएँ।" (यह सुनकर) वाणी ने फिर (शरीर में) प्रवेश कर लिया।

चक्षुर्होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्यागत्योवाच कथमशकत मदृते जीवितुमिति ते होचुर्यथाऽन्धा अपश्यन्तश्चक्षुषा प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा शृण्वन्तः श्रोत्रेण विद्वाꣳसो मनसा प्रजायमाना रेतसैवमजीविष्मेति प्रविवेश ह चक्षुः ॥9॥

बाद में चक्षु शरीर से बाहर चला गया। एक वर्ष तक बाहर रहकर वापस आकर अन्यों से पूछने लगा—"मेरे बिना तुम लोग कैसे जी सके ?" अन्यों ने कहा—"जैसे अन्धे लोग बिना चक्षु से न देखते हुए भी प्राणों से साँस लेते हुए, वाणी से बोलते हुए, कान से सुनते हुए, मन से जानते हुए और वीर्य से उत्पन्न हुए जीते हैं, वैसे ही हम जीएँ।" तब आँख ने फिर से (शरीर में) प्रवेश कर लिया।

श्रोत्रꣳ होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्यागत्योवाच कथमशकत मदृते जीवितुमिति ते होचुर्यथा बधिरा अशृण्वन्तः श्रोत्रेण प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा विद्वाꣳसो मनसा प्रजायमाना रेतसैवमजीविष्मेति प्रविवेश ह श्रोत्रम् ॥10॥

तब श्रोत्र उठकर चला गया। वह (भी) एक वर्ष तक बाहर रहकर वापिस आकर (अन्य इन्द्रियों से) कहने लगा—"मेरे बिना तुम लोग कैसे जी सके ?" उन्होंने कहा—"जैसे बहरे लोग कान के बिना न सुनेते हुए भी प्राणों से साँस लेते हुए, वाणी से बोलते हुए, आँख से देखते हुए, मन से जानते

हुए, और वीर्य से उत्पन्न होते हुए जीते हैं, वैसे ही हम लोग भी जीए।" यह सुनकर कान भी (शरीर में) वापिस प्रविष्ट हो गया।

मनो होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्यागत्योवाच कथमशकत मदृते जीवितुमिति ते होचुर्यथा मुग्धा अविद्वाꣳसो मनसा प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेण प्रजायमाना रेतसैवमजीविष्मेति प्रविवेश ह मनः ॥11॥

अब मन उठकर चला गया। वह एक वर्ष तक बाहर रहकर वापस आकर बोला—"मेरे बिना तुम लोग कैसे जी सके ?" तब अन्य इन्द्रियों ने कहा—"जैसे नासमझ मनुष्य मन से न समझते हुए भी प्राणों से साँस लेते हुए, वाणी से बोलते हुए, आँख से देखते हुए, कान से सुनते हुए, वीर्य से उत्पन्न होते हुए जीते हैं, वैसे ही हम जीए।" यह सुनकर मन भी फिर से (शरीर में) प्रविष्ट हो गया।

रेतो होच्चक्राम तत्संवत्सरं प्रोष्यागत्योवाच कथमशकत मदृते जीवितुमिति ते होचुर्यथा क्लीबा अप्रजायमाना रेतसा प्राणन्तः प्राणेन वदन्तो वाचा पश्यन्तश्चक्षुषा शृण्वन्तः श्रोत्रेण विद्वाꣳसो मनसैवमजीविष्मेति प्रविवेश ह रेतः ॥12॥

फिर वीर्य शरीर से चला गया। एक वर्ष तक बाहर रहकर वह वापिस आया और बोला—"मेरे बिना तुम लोग कैसे जी सके ?" उन्होंने तब कहा—"जैसे नपुंसक लोग बिना वीर्य के प्रजा तो उत्पन्न नहीं कर सकते, परन्तु प्राण से साँस लेकर, वाणी को बोलते हुए, आँख से देखते हुए, कान से सुनते हुए, मन से जानते हुए जीते हैं, वैसे ही हम जीए।" यह सुनकर वीर्य ने भी वापस (शरीर में) प्रवेश किया।

अथ ह प्राण उत्क्रमिष्यन्यथा महासुहयः सैन्धवः पड्वीशशङ्कून्संवृहेदेवꣳ हैवेमान्प्राणान्त्संववर्ह ते होचुर्मा भगव उत्क्रमीर्न वै शक्ष्यामस्त्वदृते जीवितुमिति तस्यो मे बलिं कुरुतेति तथेति ॥13॥

फिर जब प्राण चलने लगा तब उसने जैसे सिन्ध देश में जन्मा हुआ बड़ा सुन्दर घोड़ा बन्धन के खूँटों को उखाड़ देता है, वैसे ही इन दूसरे प्राणों को (इन्द्रियों को) उखाड़ दिया। इसलिए उन्होंने (इन्द्रियों ने) कहा—"हे भगवन्! आप मत जाइए। आपके बिना हम जीवित नहीं रह सकेंगे।" तब प्राण बोला—"तब श्रेष्ठ ऐसे मुझको बलि देते रहो।" तब दूसरे प्राण (इन्द्रियाँ) बोले—"ठीक है—जी हाँ।"

सा ह वागुवाच यद्वा अहं वसिष्ठास्मि त्वं तद्वसिष्ठोऽसीति यद्वा अहं प्रतिष्ठास्मि त्वं तत्प्रतिष्ठोऽसीति चक्षुर्यद्वा अहꣳ संपदस्मि त्वं तत्संपदसीति श्रोत्रं यद्वा अहमायतनमस्मि त्वं तदायतनमसीति मनो वा यद्वा अहं प्रजातिरस्मि त्वं तत्प्रजातिरसीति रेतस्तस्यो मे किमन्नं किं वास इति यदिदं किंचाश्वभ्य आकृमिभ्य आकीटपतङ्गेभ्यस्तत्तेऽन्नमापो वास इति न ह वा अस्यानन्नं जग्धं भवति नानन्नं परिगृहीतं य एवमेतदनस्यान्नं वेद तद्विद्वाꣳसः श्रोत्रिया अशिष्यन्त आचमन्त्यशित्वाचामन्त्येतमेव तदनमनग्नं कुर्वन्तो मन्यन्ते ॥14॥

इति प्रथमं ब्राह्मणम् ॥

वाणी बोली—"यदि मैं उत्तम आश्रय हूँ, तो मुझसे अधिक उत्तम आश्रय तुम हो।" तब आँख ने कहा—"यदि मैं प्रतिष्ठा हूँ, तो मुझसे भी सबकी प्रतिष्ठा तुम हो"। तब कान ने कहा—"यदि मैं सम्पत्तिरूप तो मुझसे अधिक तुम सम्पत्तिरूप हो।" तब मन बोला—"यदि मैं आश्रयरूप हूँ तो मुझसे अधिक आश्रयरूप तो तुम्हीं हो।" तब वीर्य ने कहा—"यदि मैं प्रजननशक्तिवाला हूँ, तो तुम उसकी भी प्रजननशक्ति हो।" तब प्राण ने कहा—"तुम लोगों में श्रेष्ठ ऐसे मेरा अन्न क्या है ? मेरा वस्त्र क्या है ?" (इसके उत्तर में वागादि ने कहा कि—) "कुत्ते, कीड़े और जुगनुओं से लेकर यह जो कुछ भी है, वह सब तुम्हारा अन्न है, और जल ही तुम्हारा वस्त्र है। जो कोई भी मनुष्य इस प्राण के अन्न को जानता है, उसको कभी अभक्ष्य का भक्षण नहीं होता। अभक्ष्य का संग्रहण भी उसका नहीं होता है। इसलिए पढ़े-लिखे विद्वान् लोग भोजन करते समय आचमन करते हैं, और भोजन करने के बाद भी आचमन करते हैं। और अपने उस कर्म को वे प्राणों को आच्छादित करने का (प्राणों को वस्त्रहीन करने का) कार्य नहीं करते हैं।

(यहाँ पहला ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

द्वितीयं ब्राह्मणम्

श्वेतकेतुर्ह वा आरुणेयः पञ्चालानां परिषदमाजगाम स आजगाम जैवलिं प्रवाहणं परिचारयमाणं तमुदीक्ष्याभ्युवाद कुमार 3 इति स भो 3 इति प्रतिशुश्रावाऽनुशिष्टोन्वसि पित्रेत्योमिति होवाच ॥1॥

अरुणपौत्र श्वेतकेतु पांचालों की सभा में आया। वह जीवलपुत्र प्रवहण के यहाँ पहुँचा। वह नौकरों से अपनी सेवा करवा रहा था। उसे देखकर प्रवहण ने कहा—"क्यों कुमार !" उसने उत्तर दिया 'जी !' तब (राजा प्रवहण ने) पूछा—"क्या तुम्हारे पिता ने तुम्हें पढ़ाया है ?" वह बोला—"जी हाँ"।

वेत्थ यथेमाः प्रजाः प्रयत्यो विप्रतिपद्यन्ता 3 इति नेति होवाच वेत्थो यथेमं लोकं पुनरापद्यन्ता 3 इति नेति हैवोवाच वेत्थो यथासौ लोक एवं बहुभिः पुनः पुनः प्रयद्भिर्न संपूर्यता 3 इति नेति हैवोवाच वेत्थो यतिध्यामाहुत्याꣳ हुतायामापः पुरुषवाचो भूत्वा समुत्थाय वदन्ती 3 इति नेति हैवोवाच वेत्थो देवयानस्य वा पथः प्रतिपदं पितृयाणस्य वा यत्कृत्वा देवयानं वा पन्थानं प्रतिपद्यन्ते पितृयाणं वापि हि न ऋषेर्वचः श्रुतम्। द्वे सृती अशृणवं पितृणामहं देवानामुत मर्त्यानाम्। ताभ्यामिदं विश्वमेजत्समेति यदन्तरा पितरं मातरं चेति नाहमत एकंचन वेदेति होवाच ॥2॥

(तब राजा ने पूछा—) "ये सब लोग मृत्यु के बाद विभिन्न मार्गों में जाते हैं, वह तुम जानते हो ?" श्वेतकेतु ने कहा—"नहीं जी।" तब राजा ने पूछा—"जैसे पुनः वे लोग यहाँ आते हैं वह जानते हो ?" श्वेतकेतु ने कहा—"नहीं जी।" तब राजा ने पूछा—"क्या तुम यह जानते हो कि बार-बार लोग परलोक में जाते हैं, फिर भी वह भर क्यों नहीं जाता ?" श्वेतकेतु बोला—"नहीं जी।" तब राजा ने फिर पूछा—"कितनी आहुतियाँ देने के बाद जल पुरुषशब्द वाच्य होकर बोल उठता है, वह तुम जानते हो ?" श्वेतकेतु बोला—"जी नहीं।" राजा ने आगे पूछा—"देवयान या पितृयाण के मार्गों के साधनों को तुम जानते हो क्या ? हम लोगों ने ऋषि का वचन (मंत्रवाक्य) सुना है कि मनुष्यों के

लिए दो रास्ते हैं एक देवदान है और दूसरा है पितृयाण। यह सारा विश्व उन दो मार्गों से होकर ही जाता है। ये दो मार्ग जिसके बीच में हैं, ऐसे द्युलोकरूप पिता और पृथ्वीलोकरूप माता के मध्यवर्ती मार्गों को तुम जानते हो क्या ?" तब श्वेतकेतु ने कहा—"मैं इनमें से किसी को नहीं जानता।"

अथैनं वसत्योपमन्त्रयांचक्रेऽनादृत्य वसतिं कुमारः प्रदुद्राव स आजगाम पितरं तꣳ होवाचेति वाव किल नो भवान्पुरानुशिष्टानवोचदिति कथꣳ सुमेध इति पञ्च मा प्रश्नान् राजन्यबन्धुरप्राक्षीत्ततो नैकंचन वेदेति कतमे त इतीम इति ह प्रतीकान्युदाजहार ॥3॥

बाद में उसको (श्वेतकेतु को) यहाँ ठहरने के लिए प्रार्थना की। परन्तु कुमार श्वेतकेतु ठहरने की उस प्रार्थना का अनादर करके दौड़कर अपने पिता के पास आ पहुँचा, और उससे कहने लगा—"आपने पहले समावर्तन संस्कार के समय ऐसा ही कहा था न कि आपने मुझे पढ़ा दिया है !" तब पिता बोले—"अरे सयाने ! तो उसका अब क्या है ?" तब श्वेतकेतु ने कहा—"अरे ! उस दुष्ट क्षत्रिय ने मुझसे पाँच प्रश्न पूछे, उनमें से एक का जवाब भी मैं नहीं दे पाया।" पिता ने पूछा—"कौन से थे वे प्रश्न ?" श्वेतकेतु ने कहा—"ये हैं वे प्रश्न !" ऐसा कहकर उसने (पूछे हुए) प्रश्नों का कुछ अंश सुनाया।

स होवाच तथा नस्त्वं तात जानीथा यथा यदहं किंचन वेद सर्वमहं तत्तुभ्यमवोचं प्रेहि तु तत्र प्रतीत्य ब्रह्मचर्यं वत्स्याव इति भवानेव गच्छत्विति स आजगाम गौतमो यत्र प्रवाहणस्य जैबलेरास तस्मा आसनमाहृत्योदकमाहारयांचकाराथ हास्मा अर्घ्यं चकार तꣳ होवाच वरं भगवते गौतमाय दद्म इति ॥4॥

तब उसने (पिता ने पुत्र से) कहा—"तुम मुझसे यह जान लो कि मैं जो कुछ भी जानता था, वह सब मैंने तुम्हें बता दिया है। इसलिए चलो मेरे साथ चलो, हम दोनों उसके यहाँ जाकर विद्याग्रहण करने के लिए ब्रह्मचर्य का पालन करें।" श्वेतकेतु ने कहा—"आप ही जाइए।" ऐसा सुनकर गौतम (आरुणि) प्रवाहण जैबाल की जहाँ बैठक थी वहाँ गए। राजा प्रवाहण ने उनके लिए आसन लाकर और (सेवकों द्वारा) जल मँगवाकर अर्घ्यदान किया। और कहा—"मैं भगवान् गौतम को वर देता हूँ।"

स होवाच प्रतिज्ञातो म एष वरो यां तु कुमारस्यान्ते वाचमभाषथास्तां मे ब्रूहीति ॥5॥

तब उसने (गौतम आरुणि ने) कहा—"आपने मुझे वर देने की प्रतिज्ञा की है, तो ऐसे आपसे मेरा यही वर है कि आपने कुमार से (मेरे पुत्र से) जो बात पूछी थी, वह कहिए।"

स होवाच दैवेषु वै गौतम तद्वरेषु मानुषाणां ब्रूहीति ॥6॥

तब उसने (प्रवाहण ने) कहा—"हे गौतम ! वह वरदान तो दैव वरदानों में से है। आप मनुष्य सम्बन्धी वरदानों में से कोई वर माँगिए।"

स होवाच विज्ञायते हास्ति हिरण्यस्यापात्तं गोअश्वानां दासीनां प्रवाराणां परिधानस्य मा नो भवान्बहोरनन्तस्यापर्यन्तस्याभ्यवदान्योऽभूदिति स वै गौतम तीर्थेनेच्छासा इत्युपैम्यहं भवन्तमिति वाचा ह स्मैव पूर्व उपयन्ति स होपायनकीर्त्योवास ॥7॥

उसने (गौतम आरुणि ने) कहा—"आप जानते हैं कि वह तो मेरे पास है ही। सोने की, गायों की, घोड़ों की, दासियों की, परिवार की और वस्त्र आदि की प्राप्ति तो मुझे है ही। आप तो सदा पुष्कल अपार अनन्त धन का दान करते ही रहे हैं, तो मेरे लिए उस अपार अक्षुण्ण वस्तु के दान के लिए 'अदाता' (दान में संकोच करनेवाले) न हों।" तब राजा ने कहा—"तब तो हे गौतम, तुम्हें शास्त्रकथित विधि अनुसार ऐसी इच्छा करनी चाहिए।" तब गौतम ने कहा—"मैं आपके पास शिष्यभाव से उपस्थित होता हूँ। ब्राह्मण लोग मुँह से ऐसा बोलकर ही प्राचीन समय में गुरु के यहाँ पढ़ने जाते थे।"

स होवाच यथा नस्त्वं गौतम मापराधास्तव च पितामहा यथेयं विद्येतः पूर्वं न कस्मिꣳश्चन ब्राह्मण उवास तां त्वहं तुभ्यं वक्ष्यामि को हि त्वैवं ब्रुवन्तमर्हति प्रत्याख्यातुमिति ॥8॥

उसने (राजा ने) कहा—"जिस तरह तुम्हारे परदादों ने हमारे पूर्वजों के अपराधों को लक्ष्य में नहीं लिया, वैसे ही हमारे अपराधों को तुम भी लक्ष्य में मत लेना। यह विद्या पहले किसी ब्राह्मण के यहाँ नहीं रही। वह मैं तुम्हें बताऊँगा। क्योंकि इस तरह विनयपूर्वक बोलनेवाले तुमको 'नहीं'—ऐसा कहने के लिए कौन समर्थ है भला ?

असौ वै लोकोऽग्निर्गौतम तस्यादित्य एव समिद्रश्मयो धूमोऽहरर्चिर्दिशोऽङ्गारा अवान्तरदिशो विस्फुलिङ्गास्तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः श्रद्धां जुह्वति तस्या आहुत्यै सोमो राजा संभवति ॥9॥

हे गौतम ! यह द्युलोक ही अग्नि है, आदित्य उसका समिध है, किरणें धुआँ है, दिवस उसकी ज्वाला है, दिशाएँ अंगारे हैं, अवान्तर दिशाएँ चिनगारियाँ हैं, उस ऐसे अग्नि में देवलोक श्रद्धा का होम करते हैं। उस आहुति से राजा सोम उत्पन्न होता है।

पर्जन्यो वाऽग्निर्गौतम तस्य संवत्सर एव समिदभ्राणि धूमो विद्युदर्चिरशनिरङ्गारा ह्रादुनयो विस्फुलिङ्गास्तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः सोमꣳ राजानं जुह्वति तस्या आहुत्यै वृष्टिः संभवति ॥10॥

हे गौतम ! मेघ ही अग्नि है, उसका संवत्सर ही समिध है, बादल धुआँ है, विद्युत् उसकी ज्वाला है, अशनि (इन्द्र का वज्र) अंगारे हैं, मेघगर्जनाएँ चिनगारियाँ हैं, ऐसे उस अग्नि में देवलोग सोम राजा की आहुति देते हैं। उस आहुति से वृष्टि होती है।

अयं वै लोकोऽग्निर्गौतम तस्य पृथिव्येव समिदग्निर्धूमो रात्रिरर्चिश्चन्द्रमा अङ्गारा नक्षत्राणि विस्फुलिङ्गास्तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा वृष्टिं जुह्वति तस्या आहुत्या अन्नꣳ संभवति ॥11॥

हे गौतम ! यह लोक ही अग्नि है, पृथ्वी ही इसका समिध है, अग्नि धूम है, रात्रि ज्वाला है, चन्द्रमा अंगारे हैं, नक्षत्र चिनगारियाँ हैं। ऐसे इस अग्नि में देवलोग वृष्टि को होमते हैं, इस आहुति से अन्न होता है।

पुरुषो वाऽग्निर्गौतम तस्य व्यात्तमेव समित्प्राणो धूमो वागर्चिश्चक्षुरङ्गाराः श्रोत्रं विस्फुलिङ्गास्तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा अन्नं जुह्वति तस्या आहुत्यै रेतः संभवति ॥12॥

हे गौतम ! पुरुष ही अग्नि है, उसका खुला हुआ मुख ही समिध है, प्राण धूम है, वाणी ज्वाला है, चक्षु अंगारे हैं, श्रोत्र चिनगारियाँ हैं। ऐसे इस अग्नि में देवलोग अन्न का होम करते हैं। उस आहुति से वीर्य उत्पन्न होता है।

योषा वा अग्निर्गौतम तस्या उपस्थ एव समिल्लोमानि धूमो योनिरर्चिर्यदन्तः करोति तेऽङ्गारा अभिनन्दा विस्फुलिङ्गास्तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवा रेतो जुह्वति तस्या आहुत्यै पुरुषः संभवति। स जीवति यावज्जीवत्यथ यदा म्रियते ॥13॥

हे गौतम ! स्त्री ही यज्ञाग्नि है, उसकी जननेन्द्रिय ही समिध है, उसके ऊपर के बाल धूम हैं, योनि ज्वाला है, उसके अन्दर किया जानेवाला मैथुन व्यवहार अंगारे हैं, आनन्द चिनगारियाँ हैं। ऐसे उस अग्नि में देवलोग वीर्य का होम करते हैं। उस आहुति से पुरुष उत्पन्न होता है। वह कर्म शेष रहने तक जीता है, और जब मर जाता है, तब—

अथैनमग्नये हरन्ति तस्याग्निरेवाग्निर्भवति समित्समिद्धूमो धूमोऽर्चिरर्चिरङ्गारा अङ्गारा विस्फुलिङ्गा विस्फुलिङ्गास्तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः पुरुषं जुह्वति तस्या आहुत्यै पुरुषो भास्वरवर्णः संभवति ॥14॥

उसे अग्नि के पास ले जाते हैं। उसका अग्नि ही अग्नि रूप होता है, समिध ही समिध रूप होता है, धूम ही धूम रूप होता है, ज्वाला ही ज्वाला रूप होती है, अंगारे ही अंगारे रूप होते हैं, चिनगारियाँ ही चिनगारियाँ रूप होती हैं। ऐसे उस अग्नि में देवलोग पुरुष का होम करते हैं। उस आहुति से पुरुष अत्यन्त दीप्तिमान हो जाता है।

ते य एवमेतद्विदुर्ये चामी अरण्ये श्रद्धाꣳ सत्यमुपासते तेऽर्चिरभिसंभवन्त्यर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाणपक्षमापूर्यमाणपक्षाद्यान्षण्मासानुदङ्ङादित्य एति मासेभ्यो देवलोकं देवलोकादादित्यमादित्याद्वैद्युतं तान्वैद्युतान्पुरुषो मानस एत्य ब्रह्मलोकान् गमयति तेषु ब्रह्मलोकेषु पराः परावतो वसन्ति तेषां न पुनरावृत्तिः ॥15॥

वे जो इस प्रकार इसको (पंचाग्निविद्या को) जानते हैं, और वे जो वन में श्रद्धायुक्त होकर सत्य की उपासना करते हैं, वे ज्योति के अभिमानी देवताओं को प्राप्त होते हैं। ज्योति के अभिमानी देवताओं में से दिवस के अभिमानी देव को, दिवस के अभिमानी देव से शुक्लपक्ष के अभिमानी देव को, शुक्ल पक्ष के अभिमानी देव से उन छः मास के अभिमानी देव को प्राप्त होता है, जिनमें सूर्य उत्तर दिशा की ओर चलता है। फिर उस मासाभिमानी देव से देवलोक को, देवलोक से आदित्य को, आदित्य से विद्युत्सम्बन्धी देवताओं को प्राप्त होता है। उन वैद्युत देवों के पास एक-एक मानस पुरुष आकर उन्हें ब्रह्मलोक में ले जाता है। उन ब्रह्मलोकों में वे प्रकृष्ट होकर (मोक्ष प्राप्त करके) अनेक वर्षों तक वे रहते हैं। उनका इस संसार में पुनरागमन नहीं होता।

अथ ये यज्ञेन दानेन तपसा लोकाञ्जयन्ति ते धूममभिसंभवन्ति धूमाद्रात्रिꣳ रात्रेरपरपक्षीयमाणपक्षमपक्षीयमाणपक्षाद्यान्षण्मासान्दक्षिणादित्य एति मासेभ्यः पितृलोकं पितृलोकाच्चन्द्रं ते चन्द्रं प्राप्यान्नं भवन्ति ताꣳस्तत्र देवा यथा सोमꣳ राजानमाप्यायस्वापक्षीयस्वेत्येवमेनाꣳस्तत्र भक्षयन्ति तेषां यदा तत्पर्यवैत्यथेममेवाकाशमभिनिष्पद्यन्त आकाशाद्वायुं वायोर्वृष्टिं वृष्टेः पृथिवीं ते पृथिवीं प्राप्यान्नं भवन्ति ते पुनः पुरुषाग्नौ हूयन्ते ततो योषाग्नौ जायन्ते लोकान्प्रत्युत्थायिनस्त एवमेवानुपरिवर्तन्तेऽथ य एतौ पन्थानौ न विदुस्ते कीटाः पतङ्गाः यदिदं दन्दशूकम् ॥16॥

इति षष्ठे द्वितीयं ब्राह्मण्॥

और जो मनुष्य यज्ञ से, दान से, तप से लोकों को प्राप्त करता है, वे धूमाभिमानी देवता को प्राप्त होते हैं। धूम से रात्रि देवता को, रात्रि से कृष्णपक्षाभिमानी देवता को, कृष्णपक्ष से दक्षिणायन के छः महीनों में जाते हैं। उन महीनों में से पितृलोक में जाते हैं। पितृलोक से चन्द्रलोक में जाते हैं। चन्द्रलोक में जाकर वे अन्नरूप बन जाते हैं। वहाँ जैसे ऋत्विज् लोग 'आप्यायस्व अपक्षीयस्व'—ऐसा बोलकर सोमराजा को चमस में पी जाते हैं, उस तरह देव लोग, उन अन्नरूप बने मनुष्यों को खा जाते हैं। फिर से उनका पुरुषरूप अग्नि में होम किया जाता है। उससे फिर लोकों के प्रति उत्थान करने वाले होकर वे फिर स्त्रीरूपी अग्नि से उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार वे बार-बार परिवर्तित हुआ करते हैं (घूमा करते हैं)। परन्तु, जो लोग इन दोनों मार्गों में से एक का भी ज्ञान नहीं रखते, वे कीट-पतंगादि और डाँस-मच्छर आदि होते हैं, वे ही होते हैं।

(यहाँ दूसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

तृतीयं ब्राह्मणम्

स यः कामयेत महत्प्राप्नुयामित्युदगयन आपूर्यमाणपक्षस्य पुण्याहे द्वादशाहमुपसद्व्रती भूत्वौदुम्बरे कꣳसे चमसे वा सर्वौषधं फलानीति संभृत्य परिसमुह्य परिलिप्याग्निमुपसमाधाय परिस्तीर्यावृताज्यꣳ सꣳस्कृत्य पुꣳसा नक्षत्रेण मन्थꣳ संनीय जुहोति—यावन्तो देवास्त्वयि जातवेदस्तिर्यञ्चो घ्नन्ति पुरुषस्य कामान्। तेभ्योऽहं भागधेयं जुहोमि ते मा तृप्ताः सर्वैः कामैस्तर्पयन्तु स्वाहा। या तिरश्ची निपद्यतेऽहं विधरणी इति। तां त्वा घृतस्य धारया यजे सꣳराधनीमहꣳ स्वाहा ॥1॥

जो ऐसा चाहता हो कि मैं बहुत ही महत्त्व प्राप्त करूँ, यह उत्तरायण में शुक्लपक्ष के पवित्र दिन, बारह दिनों तक केवल दूध ही पीकर रहकर, औदुम्बर-गूलर के काष्ठ से बनाए गए कटोरे में अथवा चमसपात्र में सभी औषधियाँ, फल और अन्य सामग्रियाँ एकत्रित करके, हवनस्थान को दर्भ से साफ-सुथरा बनाकर उसकी लिपाई करे। फिर उसमें अग्नि का स्थापन करके, उसके आसपास आसन बिछाकर, गृह्यसूत्रों में बताई गई विधि के अनुसार घी का संस्कार करके पुल्लिंग नामवाले (हस्त आदि) नक्षत्रों में (पहले से तैयार किए गए) सर्वौषधियों के दध्यादि मिश्रित मन्थ (मिश्रण =चूर्ण) को, स्वयं तथा अग्नि के बीच में रखकर होम करता है। और उस समय यह मन्त्र बोलता है—"हे जातवेद ! तुम्हारे वश में से जितने देवता वक्रमति होकर पुरुष की कामनाओं का प्रतिबन्ध करते हैं, उनको उद्देश करके यह आव्यभाग मैं तुममें होमता हूँ। तृप्त हुए वे सभी मुझे सब कामनाओं से तृप्त करें। स्वाहा।" (यह बोलकर आहुति देनी चाहिए) और भी "मैं सबके मृत्यु को धारण करनेवाला हूँ। ऐसा मानकर जो कुटिल बुद्धिवाला देवता तुम्हारा आश्रय लेकर रहता है, सर्वसाधनों की पूर्ति करनेवाले उस देवता

के लिए घी की धारा से मैं यजन करता हूँ, स्वाहा''—ऐसा बोलकर उसको आहुति देनी चाहिए (वह देता है)।

ज्येष्ठाय स्वाहा श्रेष्ठाय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति प्राणाय स्वाहा वसिष्ठायै स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति वाचे स्वाहा प्रतिष्ठायै स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति चक्षुषे स्वाहा संपदे स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति श्रोत्राय स्वाहाऽयतनाय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति मनसे स्वाहा प्रजात्यै स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति रेतसे स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति ॥2॥

''ज्येष्ठाय स्वाहा श्रेष्ठाय् स्वाहा''—इस मंत्र से अग्नि में आहुति देकर स्रुव में बचे हुए घी को मन्थ में टपका देता है (उसे टपका देना चाहिए)। ''प्राणाय स्वाहा वसिष्ठायै स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में वह आहुति देता है, और स्रुव में बचे हुए घी को मन्थ में टपका देता है। ''वाचे स्वाहा प्रतिष्ठायै स्वाहा''—इस मंत्र से वह अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में चिपके हुए घी को मन्थ में टपका देता है। ''चक्षुषे स्वाहा सम्पदे स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में लगे रहे घी को मन्थ में टपका देता है। ''श्रोत्राय स्वाहा आयतनाय स्वाहा''—यह मन्त्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में बचे-खुचे घी को मन्थ में टपका देता है। बाद में ''रेतसे स्वाहा''—यह मन्त्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में अवशिष्ट घी को मन्थ में टपका देना है।

अग्नये स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति सोमाय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति भूः स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति भुवः स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति स्वः स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति भूःभुर्वःस्वः स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति ब्रह्मणे स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति क्षत्राय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति भूताय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति भविष्यते स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति विश्वाय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति सर्वाय स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति प्रजापतये स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा मन्थे सꣳस्रवमवनयति ॥3॥

''अग्नये स्वाहा''—यह मन्त्र बोलकर अग्नि में आहुति डालता है और स्रुव में अवशिष्ट घी को मन्थ में टपकाता है। ''सोमाय स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में लगे घी को मन्थ में टपकाता है। ''भूः स्वाहा''—इस मंत्र को पढ़कर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में अवशिष्ट घी को मन्थ में टपका देता है। ''भुवः स्वाहा''—इस मंत्र को पढ़कर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में अवशिष्ट घी को मन्थ में टपका देता है। ''स्वः स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में अवशिष्ट घी को मन्थ में टपका देता है। ''भूर्भुवः स्वः स्वाहा''—इस मंत्र को पढ़कर अग्नि में आहुति डालता है, और अवशिष्ट घी को मन्थ में टपका देता है। ''ब्रह्मणे स्वाहा''—यह मन्त्र पढ़कर अग्नि में आहुति डालता है और स्रुव में बचे-खुचे घी को मन्थ में टपका

देता है। ''क्षत्राय स्वाहा''—यह मन्त्र पढ़कर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में बचे घी को मन्थ में टपका देता है। ''भूताय स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में लगे घी को मन्थ में टपका देता है। ''भविष्यते स्वाहा''—यह मन्त्र पढ़कर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में बचे घी को मन्थ में टपका देता है। ''विश्वाय स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में आहुति देता है और स्रुव में बचे घी को मन्थ में टपकाता है। ''सर्वाय स्वाहा''—यह मंत्र बोलकर अग्नि में आहुति डालता है और स्रुव में बचे घी को मन्थ में टपकाता है। ''प्रजापतये स्वाहा''—यह मन्त्र बोलकर अग्नि में आहुति डालता है और स्रुव में बचे घी को मन्थ में टपका देता है।

अथैनमभिमृशति भ्रमदसि ज्वलदसि पूर्णमसि प्रस्तब्धमस्येकसभमसि हिंकृतमसि हिंक्रियमाणमस्युद्गीथमस्युद्गीयमानमसि श्रावितमसि प्रत्याश्रावितमस्यार्द्रे संदीप्तमसि विभूरसि प्रभूरस्यन्नमसि ज्योतिरसि निधनमसि संवर्गोऽसीति ॥4॥

बाद में उस मन्थ का स्पर्श करते हुए यह मंत्र बोलता है—''हे मन्थ! तू सर्व प्राणियों में भ्रमण करनेवाला प्राण है, तू अग्नि के रूप में चलता है, तू ब्रह्मरूप में परिपूर्ण है, तू आकाश के रूप में अति स्तब्ध है, तू जगत्रूपी एक सभा-सा है (तू सबका अविरोधी है), तू ही यज्ञारंभ में प्रस्तोता द्वारा किया गया हिंकार है, तू ही उसी प्रस्तोता द्वारा किया गया यज्ञमध्य हिंक्रियमाण है, तू ही उद्गीथ है, तू ही यज्ञमध्य का उद्गीयमान है, तू ही श्रावित (सुनाया) जानेवाला है, तू ही प्रत्याश्रावित (सामने से सुनाया जानेवाला) है, तू ही आर्द्र-मेघ में चमकनेवाला (विद्युत् रूप में) है, तू ही विभु है, तू ही प्रभु है, तू ही अन्न है, तू ही भोक्ता है, तू ही प्रलयस्थान है, तू ही संवर्ग (सर्वसंहारक) है।''

अथैनमुद्यच्छत्यामꣳ स्यामꣳ हि ते महि स हि राजेशानोऽधिपतिः स माꣳ राजेशानोऽधिपतिं करोत्विति ॥5॥

बाद में ''आमं स्यामं ते महि''—इत्यादि मन्त्र के द्वारा मन्थ को हाथ में लेता है। मंत्रार्थ यह है—''तू सब कुछ जानता है, तेरी महिमा को मैं अच्छी तरह जानता हूँ। वह प्राण ही राजा है, वही नियन्ता है, वही अधिपति है। वह प्राण मुझे राजा ईशान (नियंता) और अधिपति बनाए।

अथैनमाचामति तत्सवितुर्वरेण्यं मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीर्भूः स्वाहा भर्गो देवस्य धीमहि मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवꣳरजः मधु द्यौरस्तु नः पिता भुवः स्वाहा धियो यो नः प्रचोदयान्मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ 3 अस्तु सूर्यः माध्वीर्गावो भवन्तु नः स्वः स्वाहेति सर्वा च सावित्रीमन्वाह सर्वाश्च मधुमतीरहमेवेदꣳ सर्वं भूयासं भूर्भुवः स्वः स्वाहेत्यन्तत आचम्य पाणी प्रक्षाल्य जघनेनाग्निं प्राक्शिराः संविशति प्रातरादित्यमुपतिष्ठते दिशामेकपुण्डरीकमस्यहं मनुष्याणामेकपुण्डरीकं भूयासमिति यथेतमेत्य जघनेनाग्निमासीनो वꣳशं जपति ॥6॥

बाद में (उस मन्थ के चार अलग-अलग ग्रास बनाकर) वह खाता है। प्रथम ग्रास यह मन्त्र बोलकर खाता है—''सूर्य के उस श्रेष्ठ पद का मैं ध्यान करता हूँ। वायु मधुर रीति से बहते हैं, नदियाँ भी मधुर रस का स्राव कर रही हैं, हमारे लिए औषधियाँ मधुर रसवाली हों, भूः स्वाहा।'' (फिर उसके बाद दूसरा ग्रास यह मंत्र बोलकर खाता है—) ''सूर्यदेव के तेज का हम ध्यान करते हैं। रात और दिन

हमारे लिए सुखकर हों, पृथ्वी की रज हमें उद्वेगकारी न हो (अर्थात् हमारे लिए आनन्दकारी हो), हमारे पिता द्युलोक हमारे लिए सुखदायक हों, भुवः स्वाहा।" (इसके बाद तीसरा ग्रास यह मंत्र बोलकर वह खाता है कि—) "जो सूर्यदेव हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं वे तथा वनस्पतिरूप सोम—दोनों हमारे लिए आनन्द देनेवाले हों, उनकी किरणें हमारे लिए सुखकर हों। स्वः स्वाहा।" इस प्रकार (तीन ग्रास भक्षण करके बाद में) वह पूरा गायत्रीमंत्र बोलता है, और (साथ में ही) "मधुवाता ऋतायते" आदि पूरी मधुमती ऋचा बोलकर, हाँ मैं ही सर्वस्वरूप हूँ"—ऐसा कहता है, और "भूर्भुवः स्वः स्वाहा"—ऐसा बोलकर चौथे ग्रास का भक्षण करता है। और अन्त में वह मन्थवाला पात्र भी धोकर उसका पानी पी जाता है। और आचमन करके दोनों हाथ धोकर अग्नि के पश्चिम भाग में पूर्व दिशा की ओर मस्तक रखकर सो जाता है। फिर प्रातःकाल होने पर सूर्य के सामने इस मन्त्र के द्वारा उपस्थान करता है कि—"हे सूर्य! जिस तरह आप दिशाओं में अखण्ड (श्रेष्ठ) हैं, वैसे ही मैं भी मनुष्यों में अखण्ड और श्रेष्ठ बनूँ"—इस प्रकार सूर्योपस्थान के बाद रात्रि में सोने से पहले जिस मार्ग से आया था, उसी मार्ग से अग्नि के पास जाकर, अग्नि के पश्चिम की ओर बैठकर (आगे के मन्त्रों में बताए अनुसार) वंश का जप करता है।

तꣳ हैतमुद्दालक आरुणिर्वाजसनेयाय याज्ञवल्क्यायान्तेवासिन उक्त्वोवाचापि य एनꣳ शुष्के स्थाणौ निषिञ्चेज्जायेरञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति ॥7॥

अरुणपुत्र उद्दालक ने इस (मन्थकर्म) का उपदेश वाजसनेयिपुत्र याज्ञवल्क्य नाम के अपने एक शिष्य को दिया था और कहा था कि "जो उपासक इस मन्थ को सूखे ठूँठे पर भी सींचेगा तो उस ठूँठे में भी शाखायें और कोपलें फूटेंगी।

एतमुहैव वाजसनेयो याज्ञवल्क्यो मधुकाय पैङ्ग्यायान्तेवासिन उक्त्वोवाचापि य एनꣳ शुष्के स्थाणौ निषिञ्चेज्जायेरञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति ॥8॥

इसी उपर्युक्त मन्थ का उपदेश वाजसनेय याज्ञवल्क्य ने अपने शिष्य पैंग्य को दिया था और कहा था कि जो कोई भी इस मंथ का सिञ्चन किसी वृक्ष के ठूँठे पर भी करेगा, तो उसमें भी शाखाएँ और कोपलें फूटने लगेंगी।"

एतमुहैव मधुकः पैङ्ग्यश्चूलाय भागवित्तयेऽन्तेवासिने उक्त्वोवाचापि य एनꣳ शुष्के स्थाणौ निषिञ्चेज्जायेरञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति ॥9॥

इसी पूर्वोक्त मन्थ का उपदेश मधुक पैंग्य ने अपने शिष्य चूल भागवित्ति को दिया और कहा कि यदि कोई भी मनुष्य इस मन्थ को वृक्ष के सूखे तने पर भी सींचेगा, तो उसमें भी शाखायें और कोंपलें फूटने लगेंगी।"

एतमु हैव चूलो भागवित्तिर्जानकायायस्थूणायान्तेवासिन उक्त्वोवाचापि य एनꣳ शुष्के स्थाणौ निषिञ्चेज्जायेरञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति ॥10॥

चूल भाग्यवित्ति ने अपने शिष्य जानकी आयस्थूण को इसी पूर्वोक्त मन्थ का उपदेश देकर कहा कि यदि कोई भी मनुष्य इस मन्थ का सिंचन सूखे वृक्ष के ठूँठे पर करेगा तो उसमें भी शाखायें और कोपलें फूटने लगेंगी।

एतमु हैव जानकिरायस्थूणः सत्यकामाय जाबालायान्तेवासिन उक्त्वोवाचापि य एनꣳ शुष्के स्थाणौ निशिञ्चेज्जायेरञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति ॥11॥

जानकि आयस्थूण ने अपने शिष्य सत्यकाम जाबाल को इसी मन्थ का उपदेश देते हुए कहा था कि "यदि कोई भी मनुष्य इस मन्थ को सूखे वृक्ष के तने पर भी सींचेगा तो उसमें भी शाखाएँ और कोंपलें फूटने लगेंगी।

एतमु हैव सत्यकामो जाबालोऽन्तेवासिभ्य उक्त्वोवाचापि य एनꣳ शुष्के स्थाणौ निषिञ्चेज्जायेरञ्छाखाः प्ररोहेयुः पलाशानीति तमेतन्नापुत्राय नानन्तेवासिने वा ब्रूयात् ॥12॥

सत्यकाम जाबाल ने अपने शिष्यों को इसी का उपदेश देकर कहा था कि—"यदि कोई भी मनुष्य इस मन्थ को वृक्ष के ठूँठे पर भी सींचेगा तो उसमें से भी शाखाएँ और कोंपलें फूटने लगेंगी। पर इस मन्थ का उपदेश पुत्ररहित और शिष्यरहित व्यक्ति को नहीं करना चाहिए।"

चतुरौदुम्बरो भवत्यौदुम्बरः स्रुव औदुम्बरश्चमस औदुम्बर इध्म औदुम्बर्या उपमन्थन्यौ दश ग्राम्याणि धान्यानि भवन्ति व्रीहियवास्तिलमाषा अणुप्रियङ्गवो गोधूमाश्च मसूराश्च खल्वाश्च खलकुलाश्च तान् पिष्टान्दधनि मधुनि घृत उपसिंचत्याज्यस्य जुहोति ॥13॥

इति तृतीयं ब्राह्मणम् ॥

इस मन्थनकर्म में चार औदुम्बरकाष्ठ से बनाई हुई वस्तुएँ होती हैं—औदुम्बर काष्ठ का स्रुव, औदुम्बर काष्ठ का चमसपात्र, औदुम्बर काष्ठ का ईंधन तथा औदुम्बर काष्ठ की दो उपमन्थनियाँ (मन्थ को हिलाने की शलाकाएँ)। इसमें दस प्रकार के ग्रामीण धान्यों का उपयोग होता है वे हैं—व्रीहि (धान), यव (जौ), तिल, माष (उड़द), अणु (साँवा), प्रियंगु (कांगनी), गोधूम (गेहूँ), मसूर, खल्व (एक धान) और खलकुल (कुलथी)। इन सभी को पीसकर उसमें मधु और घृत डालकर आहुति दी जाती है।

(यहाँ तीसरा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

चतुर्थं ब्राह्मणम्

एषां वै भूतानां पृथिवी रसः पृथिव्या आपोऽपामोषधय ओषधीनां पुष्पाणि पुष्पाणां फलानि फलानां पुरुषः पुरुषस्य रेतः ॥1॥

पृथ्वी सभी प्राणियों का रस (सारतत्त्व) है, जल पृथ्वी का सार है, औषधियाँ जल का सार (रस) हैं, पुष्प औषधियों का रस है, फल फूलों का रस है, पुरुष फलों का रस है, और वीर्य पुरुष का सारतत्त्व है।

स ह प्रजापतिरीक्षांचक्रे हन्तास्मै प्रतिष्ठां कल्पयानीति स स्त्रियꣳ ससृजे ताꣳसृष्ट्वाऽध उपास्ते तस्मात्स्त्रियमध उपासीत स एतं प्राञ्चं ग्रावाणमात्मन एव समुदपारयत्तेनैनामभ्यसृजत् ॥2॥

प्रसिद्ध प्रजापति ने अनुग्रहपूर्वक सोचा, मैं इस (वीर्य) के लिए आधारभूमि बना दूँ। इसलिए उन्होंने स्त्री बनाई। उसे बनाकर उसके अधोभाग की उपासना की (मैथुन कर्म किया)। इसीलिए स्त्री के अधोभाग का सेवन करना चाहिए। इन प्रजापति ने उस उत्कृष्ट और पाषाणखण्ड जैसा अपना शिश्न (लिंग) उत्पन्न करके स्त्री की योनि में उसे प्रेरित किया। उससे स्त्री का संसर्ग किया।

तस्या वेदिरुपस्थो लोमानि बर्हिश्चर्माधिषवणे समिद्धो मध्यतस्तौ मुष्कौ स यावान् ह वै वाजपेयेन यजमानस्य लोको भवति तावानस्य लोको भवति य एवं विद्वानधोपहासं चरत्यासाꣳ स्त्रीणाꣳ सुकृतं वृङ्क्तेऽथ य इदमविद्वानधोपहासं चरत्यस्य स्त्रियः सुकृतं वृञ्जते ॥3॥

स्त्री की उपस्थेन्द्रिय वेदी है, उस पर के लोम ही दर्भ है, योनि का मध्यभाग प्रज्वलित अग्नि है, जो दो मुष्क हैं (योनि के दोनों पार्श्वों में जो कठिन मांसखण्ड हैं) वे अधिषवण नाम से सुख्यात दो चर्ममय सोमफलक हैं। वाजपेय यज्ञ करने से यजमान को जितना पुण्य प्राप्त होता है (जितने अच्छे लोक की प्राप्ति होती है), उतना ही पुण्य ऐसा रहस्य जानकर ग्राम्यधर्म का सेवन करनेवाले मनुष्य को मिलता है। ऐसा पुरुष स्त्रियों के पुण्यों को रोक देता है। परन्तु जो कोई इस रहस्य को बिना जाने ही मैथुन-कर्म में प्रयुक्त हो जाता है, उसके पुण्य को स्त्रियाँ रोक देती हैं।

एतद्ध स्म वै तद्विद्वानुद्दालक आरुणिराहैतद्ध स्म वै तद्विद्वान्नाको मौद्गल्य आहैतद्ध स्म वै तद्विद्वान्कुमारहारित आह बहवो मर्या ब्राह्मणायना निरिन्द्रिया विसुकृतोऽस्माल्लोकात्प्रयन्ति य इदमविद्वाꣳसोऽधोपहासं चरन्तीति बहु वा इदꣳ सुप्तस्य वा जाग्रतो वा रेतः स्कन्दति ॥4॥

सचमुच यह मैथुनकर्म वाजपेयसम्पन्न रहस्यज्ञ उद्दालक आरुणि ने कहा है। इसी मैथुनकर्म को उसी रूप में जानने वाले मुद्गलपुत्र नाक ने कहा है। और भी—उसी को उसी रूप में जाननेवाले कुमारहारित ने भी कहा है। वे कहते हैं कि बहुत ही ऐसे मरणधर्मा कथनमात्र के ब्राह्मण लोग हैं जो निःसत्त्व और प्राणहीन हैं, जो पुण्यहीन और मैथुनविज्ञान को जाननेवाले नहीं हैं, फिर भी ग्राम्यधर्म का आचरण करते हैं वे परलोक से भ्रष्ट हो जाते हैं। निद्रावस्था में अथवा जाग्रत् अवस्था में अधिक या न्यून प्रमाण में स्खलित हो जाता है।

तदभिमृशेदनु वा मन्त्रयेत यन्मेऽद्य रेतः पृथिवीमस्कान्त्सीद्यदोषधीरप्य-सरद्यदप इदमहं तद्रेत आददे पुनर्मामैत्विन्द्रियं पुनस्तेजः पुनर्भगः पुनरग्निर्धिष्ण्या यथास्थानं कल्पन्तामित्यनामिकाङ्गुष्ठाभ्यामादायान्तरेण स्तनौ वा भ्रुवौ वा निमृज्यात् ॥5॥

उस वीर्य का हाथ से स्पर्श करना चाहिए और उसे इस मंत्र से अभिमन्त्रित करना चाहिए। (अर्थात् स्पर्श करते समय यह मंत्र बोलना चाहिए—(मन्त्रार्थ यह है—) "मेरा वीर्य आज जो स्खलित होकर पड़ा है, जो पहले कभी औषधियों में (अन्न में) भी पड़ा है और जल में भी पड़ा है, उस वीर्य को मैं ग्रहण करता हूँ (उठा लेता हूँ)।"—ऐसा बोलकर उस वीर्य को अनामिका अंगुली तथा अंगुष्ठ से उठाकर दोनों स्तनों और भौंहों पर लगाना चाहिए। वहाँ लगाते समय यह मंत्र बोलना चाहिए। (मन्त्रार्थ—) "मेरी इन्द्रिय (जो वीर्यरूप से मुझसे चली गई थी वह) वापिस आ जाए। मुझे फिर से तेज और ऐश्वर्य की प्राप्ति हो जाए। अग्निरूप स्थानवाले देवतालोग फिर से उस वीर्य को (मेरे शरीर में) योग्य स्थान पर स्थापित कर दें।"

अथ यद्युदक आत्मानं पश्येत्तभिमन्त्रयेत् मयि तेज इन्द्रियं यशो द्रविणꣳ सुकृतमिति। श्रीर्ह वा एषां स्त्रीणां यन्मलोद्वासास्तस्मान्मलोद्वाससं यश-स्विनीमभिक्रम्योपमन्त्रयेत ॥6॥

और यदि कभी पानी में वीर्य स्खलित हो जाए और भूल से उसमें यदि अपना प्रतिबिम्ब दीख जाए, तो जल को इस प्रकार अभिमंत्रित करना चाहिए (अभिमंत्रण का मंत्रार्थ—) "हे देवो! मुझमें तेज, इन्द्रिय (वीर्य), यश, धन, सत्कर्म स्थापन करें।" (इसके बाद अपनी स्त्री की प्रशंसा करते हुए कहना चाहिए कि—) "यह मेरी स्त्री संसार की सभी स्त्रियों में लक्ष्मीस्वरूप है। क्योंकि इसके वस्त्र में रजस्वलात्व के चिह्न स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।" बाद में (तीन रात्रियों के बाद) शुद्ध हुई अपनी कीर्तिमती पत्नी के पास जाकर पुत्रोत्पत्ति के लिए उसके साथ विचार-विमर्श करना चाहिए।

सा चेदस्मै न दद्यात्काममेनामवक्रीणीयात् सा चेदस्मै नैव दद्यात्काममेनां यष्ट्या वा पाणिना वोपहत्यातिक्रामेदिन्द्रियेण ते यशसा यश आदद इत्ययशा एव भवति ॥7॥

पत्नी यदि अपने पति को मैथुन के लिए समर्पित न करे तो उस पत्नी को आभूषणादि देकर मना लेना चाहिए। फिर भी यदि मैथुन न करने दे तो उसे दंड का भय दिखलाकर उसके साथ बलपूर्वक इन्द्रिय से संभोग करना चाहिए। यदि यह भी संभव न हो, तो उसे कह देना चाहिए कि "तुम्हारे यश को मैं अपनी यशस्वरूप इन्द्रिय से ले लेता हूँ।" इससे वह अयशस्विनी ही हो जाती है। (अर्थात् वन्ध्या ही रहती है।)

सा चेदस्मै दद्यादिन्द्रियेण ते यशसा यश आदधामीति यशस्विनावेव भवतः ॥8॥

वह पत्नी यदि अपने पति को मैथुन करने का अवसर दे ही देती है, तो (शुभेच्छाएँ देते हुए) पति को उससे कहना चाहिए कि—" मेरी यशरूप इन्द्रिय से तुझमें मैं यश की स्थापना करता हूँ।" ऐसा करने से वे दोनों यशस्वी (संतानवाले) होते हैं।

स यामिच्छेत्कामयेत मेति तस्यामर्थं निष्ठाय मुखेन मुखꣳ संधायोपस्थ-मस्या अभिमृश्य जपेदङ्गादङ्गात्संभवसि हृदयादधि जायसे। स त्वमङ्ग-कषायोऽसि दिग्धविद्धामिव मादयेमाममूं मयीति ॥9॥

पुरुष अपनी जिस स्त्री के विषय में कि "यह मुझे चाहे"—ऐसी इच्छा रखता हो, वह उस पत्नी में अपने शिश्न को स्थापित करके, अपने मुँह के साथ उसका मुख लगाकर उस पत्नी के उपस्थ का स्पर्श करना चाहिए। स्पर्श करते समय इस मंत्र का जप करना चाहिए। (मंत्रार्थ—) "हे वीर्य! तू मेरे अंग-अंग में से उत्पन्न होता है। खास करके हृदय से तेरा प्रादुर्भाव होता है। तू मेरे अंगों का रस है। विष लगाए हुए बाण से आहत हरिणी की तरह मेरी इस पत्नी को मेरे विषय में पागल (उन्मत्त) बना दे।"

अथ यामिच्छेन्न गर्भं दधीतेति तस्यामर्थं निष्ठाय मुखेन मुखꣳ संधाया-भिप्राण्यापान्यादिन्द्रियेण ते रेतसा रेत आदद इत्यरेता एव भवति ॥10॥

और यदि वह 'यह स्त्री गर्भ धारण न करे'—ऐसा चाहता हो तो, उस पत्नी में अपना शिश्न स्थापित करके, उसके मुँह से अपना मुँह लगाकर इन्द्रिय से "अभिप्राणनकर्म करके फिर

'अपाननक्रिया' करनी चाहिए। ('अभिप्राणन' कर्म वह है जिसमें पुरुष अपनी शिश्नेन्द्रिय द्वारा स्त्री के शरीर में वायु का प्रवेश कराता है और 'अपानन' क्रिया वह है, जिसमें पुरुष अपने शिश्न को बाहर निकालते समय वायु को बाहर निकाल देता है।) इन क्रियाओं को करते समय यह मंत्र बोलना चाहिए—(मंत्रार्थ) "इन्द्रियस्वरूप वीर्य के द्वारा मैं तुम्हारे तेज को (रेतस् को) ग्रहण करता हूँ।" ऐसा करने से वह रेतस् से रहित हो जाती है, और गर्भ धारण नहीं करती।

अथ यामिच्छेद्दधीतेति तस्यामर्थं निष्ठाय मुखेन मुखꣳ संधायापान्याभि-प्राण्यादिन्द्रियेण ते रेतसा रेत आदधामीति गर्भिण्येव भवति ॥11॥

पुरुष जिस पत्नी के विषय में ऐसा सोचे कि 'इसे गर्भ धारण करना चाहिए'—तो उसे उसकी योनि में अपने शिश्न को स्थापित करके, उसके मुँह से अपना मुँह लगाकर पहले अपानन क्रिया करके (भावना द्वारा पहले स्त्री के रेतस् वायु को आकर्षित करके), बाद में मेढ्र द्वारा (जननेन्द्रिय द्वारा) 'अभिप्राणन कर्म' करना चाहिए। अभिप्राणन कर्म करते समय यह मन्त्र बोलना चाहिए (मन्त्रार्थ—) "मैं इन्द्रियरूप रेतस् के द्वारा तुम्हारे रेतस् का आधान करता हूँ।" ऐसा करने से स्त्री गर्भवती होती है। (अभिप्राणन कर्म की स्पष्टता ऊपर की जा चुकी है।)

अथ यस्य जायायै जारः स्यात्तं चेद्द्विष्यादामपात्रेऽग्निमुपसमाधाय प्रतिलोमꣳ शरबर्हिस्तीर्त्वा तस्मिन्नेताः शरमुष्टीः प्रतिलोमाः सर्पिषाक्ताः जुहुयान्मम समिद्धेऽहौषीः प्राणापानौ त आददेऽसाविति मम समिद्धे-ऽहौषीः पुत्रपशूꣳस्त आददेऽसाविति मम समिद्धेऽहौषीरिष्टासुकृते त आददेऽसाविति मम समिद्धेऽहौषीराशापराकाशौ त आददेऽसाविति। स वा एष निरिन्द्रियो विसुकृतोऽस्माल्लोकात्प्रैति यमेवंविद्वान्ब्राह्मणः शपति तस्मादेवंविच्छ्रोत्रियस्य दारेण नोपहासमिच्छेदुत ह्येवंवित्परो भवति ॥12॥

और जिस गृहस्थ विद्वान् की पत्नी का किसी जार (व्यभिचारी) के साथ सम्बन्ध हो, और उसके (जार के) प्रति द्वेष होने पर उस विद्वान् को मिट्टी के कच्चे बरतन में अग्नि की विधिपूर्वक स्थापना करके विपरीत क्रम से (अर्थात् दक्षिणाग्र या पश्चिमाग्र क्रम से) सरकंडों या दर्भ की शलाकाओं को बिछाकर उस अग्नि में घी से भिगोई गई उन बाणाकार शलाकाओं को विपरीत क्रम में ही इस मंत्र को बोलते हुए 4 आहुतियाँ देनी चाहिए। (मंत्रार्थ—) (1) "युवावस्था से प्रज्वलित मेरी स्त्रीरूपी अग्नि में तूने वीर्य की आहुति डाली है। ऐसा अपराध करते तेरे प्राण और अपान मैं ले लेता हूँ।" (2) "युवावस्था से प्रज्वलित मेरी स्त्रीरूपी अग्नि में तूने वीर्यरूपी आहुति दी है तेरे इस अपराध के लिए मैं तेरे पुत्र, पशु आदि को ले लेता हूँ।" (3) "युवावस्था से प्रज्वलित मेरी स्त्रीरूपी अग्नि में तूने वीर्यरूपी आहुति दे दी है, तेरे इस अपराध के लिए मैं तेरे यज्ञों और पुण्यों को ले लेता हूँ।" (4) "युवावस्था से प्रज्वलित मेरी स्त्रीरूपी अग्नि में तूने वीर्यरूपी आहुति दी है। तेरे इस अपराध के लिए मैं तेरी आशाओं और वचनपालन की प्रतिज्ञाओं को ले लेता हूँ।"—इस प्रकार विद्वान् ब्राह्मण उसे शाप देता है। और वह जार इन्द्रियविहीन और पुण्यरहित होकर इस लोक से चला जाता है। अतः ऐसे ज्ञानी ब्राह्मण की पत्नी के साथ किसी समझदार आदमी को हँसी-मजाक का भी सम्बन्ध नहीं रखना चाहिए। क्योंकि उसके व्यभिचार-कर्म को जान लेने पर महान् श्रोत्रिय ब्राह्मण उसका शत्रु हो जाता है।

अथ यस्य जायामार्तवं विन्देत्त्र्यहं कꣳसे न पिबेदहतवासा नैनां वृषलो न वृषल्युपहन्यात्त्रिरात्रान्त आप्लुत्य व्रीहीनवघातयेत् ॥13॥

और जिसकी पत्नी को रजोधर्म (ऋतुधर्म) प्राप्त हो, उस स्त्री को तीन दिनों तक काँसे के बरतन में कुछ पीना नहीं चाहिए। उसके बाद (चौथे दिन में) जब वह 'अहतवासा' हो, अर्थात् फटा न हो ऐसा स्वच्छ वस्त्र पहने हुए हो, तब उसे शूद्र पुरुष अथवा शूद्र स्त्री के द्वारा नहीं छुआ जाना चाहिए। तीन दिन बीतने के बाद उसे धान कूटने के काम में लगाना चाहिए (उसके द्वारा धान कुटवाना चाहिए) अर्थात् उसे फिर श्रमयुक्त काम में लगा देना चाहिए।

स य इच्छेत्पुत्रो मे शुक्लो जायेत वेदमनुब्रवीत सर्वमायुरियादिति क्षीरौदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जनयितवै ॥14॥

यदि कोई पुरुष ऐसा चाहता हो कि मेरा बेटा गोरा (रूपवान) हो, वेदों का अध्ययन करनेवाला हो, पूरी आयु (सौ वर्ष की) भोगनेवाला हो, तो दूध और चावल पकाकर (खीर बनाकर) उसमें घी मिलाकर दोनों को खाना चाहिए। इससे वे उक्त लक्षणवाले पुत्र को प्राप्त करने में समर्थ बन सकते हैं।

अथ य इच्छेत्पुत्रो मे कपिलः पिङ्गलो जायेत द्वौ वेदावनुब्रवीत सर्व-मायुरियादिति दध्योदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जनयितवै ॥15॥

यदि कोई पुरुष ऐसा चाहता हो कि मेरा बेटा कपिल या पिंगलवर्ण वाला जन्मे, वह दो वेदों को जाननेवाला हो, और वह पूर्ण आयुष्य को भोगनेवाला हो, तो उन दोनों को (पति-पत्नी को) दही के साथ चावल पकाकर उसमें घी डालकर उसका भक्षण करना चाहिए, जिससे कि वे वांछित पुत्र के जन्म के लिए समर्थ हों।

अथ य इच्छेत्पुत्रो मे श्यामो लोहिताक्षो जायेत त्रीन्वेदाननुब्रवीत सर्वमायुरियादित्युदौदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जन-यितवै ॥16॥

यदि कोई मनुष्य ऐसा चाहता हो कि मेरा बेटा श्यामवर्ण हो, लौहित (लाल) अरुण आँखों वाला हो, तीन वेदों का अध्ययन करनेवाला हो, और पूर्ण आयुष्य को भोगनेवाला हो, तो उन दोनों को पानी में चावल पकाकर, उसमें घी डालकर खाना चाहिए जिससे वे मनोवांछित पुत्र-प्राप्ति में समर्थ हों।

अथ य इच्छेदुहिता मे पण्डिता जायेत सर्वमायुरियादिति तिलौदनं पाच-यित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जनयितवै ॥17॥

यदि कोई मनुष्य ऐसा चाहता हो कि मेरी बेटी पण्डित जन्मे, पूर्ण आयुष्य भोगे, तो उन दोनों (पति-पत्नी को) तिल और चावल पकाकर, उसमें घी डालकर भोजन करना चाहिए जिससे कि वे अपनी चाही हुई बेटी को प्राप्त करने में समर्थ हों।

अथ य इच्छेत्पुत्रो मे पण्डितो विगीतः समितिंगमः शुश्रूषितां वाचं भाषिता जायेत सर्वान्वेदाननुब्रवीत सर्वमायुरियादिति माꣳसौदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जनयितवा औक्षेण वार्षभेण वा ॥18॥

यदि कोई पुरुष ऐसा चाहे कि मेरा बेटा पंडित हो, विख्यात हो, विद्वत्सभा में जानेवाला हो, मधुर वाणी बोलने वाला हो, सब वेदों का अध्ययन करनेवाला हो, पूरे सौ साल जीनेवाला हो, तो उन दोनों (पति-पत्नी) को ऋषभ नामक औषधि के गूदे को चावल में मिलाकर पकाना चाहिए। फिर उसमें घी डालकर भक्षण करना चाहिए, जिससे कि वे मनोवांछित पुत्र-प्राप्ति के लिए समर्थ हों। (औक्ष अथवा ऋषभ नाम की औषधि के गर्भ के साथ खाने का नियम है)।

अथाभिप्रातरेव स्थालीपाकावृताज्यं चेष्टित्वा स्थालीपाकस्योपघातं जुहोत्यग्नये स्वाहानुमतये स्वाहा देवाय सवित्रे सत्यप्रसवाय स्वाहेति हुत्वोद्धृत्य प्राश्नाति प्राश्येतरस्याः प्रयच्छति प्रक्षाल्य पाणी उदपात्रं पूरयित्वा तेनैनां त्रिरभ्युक्षत्युत्तिष्ठातो विश्वावसोऽन्यामिच्छ प्रपूर्व्यां सं जायां पत्या सहेति ॥19॥

इसके बाद (चौथे दिन) सुबह होते ही उस कूटे हुए धान को स्थालीपाक की विधि से पकाकर, उसमें घी का संस्कार करके, स्थालीपाक के अन्न में से थोड़ा-थोड़ा लेकर निम्नांकित इन मंत्रों को बोलकर आहुतियाँ देनी चाहिए। ये मंत्र इस प्रकार हैं—"अग्नये स्वाहा, अनुमतये स्वाहा, देवाय सवित्रे सत्यप्रसवाय स्वाहा।" बाद में 'स्विष्टकृत' होम करके स्थली में बचे हुए चरु को (हुतद्रव्य को) एक बरतन में निकालकर उसमें घी डालकर पहले पति उस अन्न को खाता है, बाद में उसी उच्छिष्ट अन्न को वह अपनी पत्नी को खिलाता है। बाद में हाथ धोकर, आचमन करके, जलपात्र भरकर, उसी जल से अपनी पत्नी का तीन बार अभिषेक करता है। अभिषेक का मंत्र यह है—"उत्तिष्ठातो विश्वावसोऽन्यामिच्छ प्रपूर्व्यां सं जायां पत्या सह।"

अथैनामभिपद्यतेऽमोहमस्मि सा त्वꣳ सा त्वमस्यमोऽहं सामाहमस्मि ऋक्त्वं द्यौरहं पृथिवी त्वं तावेहि सꣳरभावहै सह रेतो दधावहै पुꣳसे पुत्राय वित्तय इति ॥20॥

इसके बाद (खीर आदि खिलाने के बाद) पति इसके साथ शयन करके आलिंगन करता है। (और इस समय यह मंत्र पढ़ता है; मन्त्रार्थ—) "हे देवी! मैं प्राण हूँ तू वाक् है, मैं साम हूँ और तू ऋक् है, मैं द्युलोक हूँ और तू पृथिवी है अतः आओ हम दोनों एक-दूसरे का आलिंगन करें। अर्थात् एक साथ ही रेतस्-वीर्य धारण करके हम दोनों पुरुषत्वयुक्त पुत्र से लाभान्वित हों।

अथास्य ऊरू विहापयति विजिहीथां द्यावापृथिवी इति तस्यामर्थं निष्ठाय मुखेन मुखꣳ संधाय त्रिरेनामनुलोमामनुमार्ष्टि विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिꣳशतु। आसिञ्चतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते। गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि पृथुष्टुके गर्भं ते अश्विनौ देवावाधत्तां पुष्कर-स्रजौ ॥21॥

इसके बाद पति स्त्री की दोनों जंघाओं को पृथक् (चौड़ी) करता है और यह मंत्र बोलता है। (मंत्रार्थ—) "हे ऊरुस्वरूप स्वर्ग और पृथ्वी! तुम दोनों अब अलग-अलग हो जाओ।" इसके बाद पत्नी की योनि में अपनी जननेन्द्रिय स्थापित करके, उसके मुख के साथ अपना मुख लगाकर, अनुलोम क्रम से—पत्नी के सर से लेकर पैर तक के क्रम से तीन बार मार्जन करता है। मार्जन करते समय यह मंत्र बोलता है। (मन्त्र का अर्थ यह है—) "सर्वव्यापी भगवान् विष्णु तुम्हारी जननेन्द्रिय को पुत्र की उत्पत्ति के लिए समर्थ करें। भगवान् सूर्य तेरे उत्पद्यमान पुत्र को रूप दें (उसके अंगों को यथायोग्य रीति

से पुष्ट और सुन्दर बनाएँ। प्रजापति मुझमें अभिन्न रूप से स्थित होकर तुझमें गर्भ धारण करें और उसका पोषण करें। हे एक कलावशिष्ट अमावास्या रूप हे देव!) तुम यह गर्भधारण करो। जिनकी बहुत स्तुतियाँ गायी जाती हैं। ऐसे हे सिनीवाली देव! (हे एककलावशिष्ट अमावास्या!) तुम इस गर्भ को धारण करो। अपनी किरणरूपी कमलमाला पहने हुए हे दोनों अश्विनीकुमारो! आप मुझसे अभिन्न होकर (मुझमें स्थित होकर) तुझमें गर्भ धारण करें।"

हिरण्मयी अरणी याभ्यां निर्मन्थतामश्विनौ। तं ते गर्भं हवामहे दशमे मासि सूतये। यथाऽग्निगर्भा पृथिवी यथा द्यौरिन्द्रेण गर्भिणी। वायुर्दिशां यथा गर्भ एवं गर्भं दधामि तेऽसाविति ॥22॥

"प्राचीन काल में दो स्वर्णमयी (तेजोमयी) अरणियाँ थीं। उन दोनों के द्वारा अश्विनीकुमारों ने मन्थन किया। (उससे उत्पन्न हुए उसी) गर्भ को तुम्हारी कोख में हम बुलाते हैं (स्थापित करते हैं) कि जिससे दसवें महीने में तुम सन्तान को उत्पन्न कर सको। जिस प्रकार पृथ्वी अग्निरूप गर्भवाली है, जैसे स्वर्गभूमि इन्द्र से गर्भिणी है, जैसे दिशाओं का गर्भ वायु है, वैसे ही उसी प्रकार का गर्भ, हे अमुकनामवाली स्त्री! मैं तुझमें स्थापित करता हूँ।"

सोष्यन्तीमद्भिरभ्युक्षति यथा वायुः पुष्करिणीꣳसमिङ्गयति सर्वतः। एवा ते गर्भ एजतु सहावैतु जरायुणा। इन्द्रस्यायं वज्रः कृतः सार्गलः सपरिश्रयः। तमिन्द्र निर्जहि गर्भेण सावराꣳसहेति ॥23॥

प्रसवकाल में प्रसवासन्न स्त्री के ऊपर जल का अभ्युक्षण (मार्जन) करना चाहिए और तब यह मंत्र बोलना चाहिए (मंत्रार्थ—) "जिस प्रकार वायु पुष्करिणी (छोटे तालाब) के पानी को चारों ओर से चंचल बना देता है इसी तरह तुम्हारा गर्भ अपने ही स्थान में चलित (स्फुरित) हो, और वह जरायु के साथ बाहर निकले। यह इन्द्र के (प्रसववायु के) बाहर निकलने का मार्ग है, वह गर्भ का प्रतिबन्धक है, गर्भ का आश्रय है (अर्थात् गर्भ को नीचे नहीं गिरने देता) तो हे इन्द्र! (हे प्रसववायु!) उस मार्ग को प्राप्त करके जरायु के साथ बाहर निकल आ।"

जातेऽग्निमुपसमाधायाङ्क आधाय कꣳसे पृषदाज्यꣳ संनीय पृषदाज्य-स्योपघातं जुहोत्यस्मिन्सहस्रं पुष्यासमेधमानः स्वे गृहे। अस्योपसंद्यां मा च्छैत्सीत् प्रजया च पशुभिश्च स्वाहा। मयि प्राणाꣳस्त्वयि मनसा जुहोमि स्वाहा। यत्कर्मणात्यरीरिचं यद्वा न्यूनमिहाकरम्। अग्निष्टत्स्विष्टकृद्विद्वा-न्स्विष्टꣳ सुकृतं करोतु नः स्वाहेति ॥24॥

पुत्र का जन्म होने के बाद उसको गोद में लेकर अग्नि की स्थापना करके, काँसे की कटोरी में दही और घी का मिश्रण रखकर, उस दही और घी के मिश्रण को पिता थोड़ा-थोड़ा आहुति देता है। आहुति देते समय इन मंत्रों को बोलना चाहिए (मंत्रार्थ)—"मेरे अपने घर में पुत्र आदि से वृद्धि प्राप्त करता हुआ मैं हजारों मनुष्यों का पोषण करनेवाला बनूँ। मेरे इस पुत्र के वंश में प्रजा और पशुओं के साथ सम्पत्ति का कभी उच्छेद न हो। स्वाहा"—ऐसा बोलकर आहुति देनी चाहिए। "मुझमें अवस्थित प्राणों को मन से तुझमें होमता हूँ, स्वाहा।" (यह बोलकर और आहुति देनी चाहिए) "प्रधानकर्म के साथ मैंने यदि कुछ अधिक कार्य कर दिया हो अथवा यहाँ आवश्यक कर्म में भी अल्प करके (कुछ क्षति या न्यूनता करके) जो किया हो, तो हमारे उस कर्म को विद्वान् अग्नि अभीष्ट (साधक) होकर

अभीष्ट और सुकृत कर दें। (अर्थात् न्यूनाधिकता के दोष से मुक्त कर दें) स्वाहा''—यह बोलकर आहुति देता है।

अथास्य दक्षिणं कर्णमभिनिधाय वाग्वागिति त्रिरथ दधिमधुघृतꣳ संनीयानन्तर्हितेन जातरूपेण प्राशयति भूस्ते दधामि भुवस्ते दधामि स्वस्ते दधामि भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामीति ॥25॥

स्विष्टकृत होम के बाद, उस बालक के दाहिने कान पर अपना मुख रखकर उसके कान पर, 'वाक्, वाक्, वाक्'—ऐसा तीन बार पिता कहता है। इसके बाद दही, मधु और घी को मिलाकर विशुद्ध सोने की चमची से उसे खिलाना चाहिए। खिलाते समय (प्रत्येक ग्रास देते समय) ऐसा एक-एक मन्त्र बोलते जाना चाहिए—"(1) भूस्ते दधामि, (2) भुवस्ते दधामि, (3) स्वस्ते दधामि। 'भूभुवः स्वः सर्वं ते दधामि।" अर्थात् 'तुझमें पृथ्वी धारण करता हूँ, अन्तरिक्ष धारण करता हूँ, स्वर्ग धारण करता हूँ।'

अथास्य नाम करोति वेदोऽसीति तदस्य तद्गुह्यमेव नाम भवति ॥26॥

इसके बाद उस बालक का नामकरण करता है कि "तू वेद है।"—यह 'वेद' नाम बालक का गुप्त नाम होता है।

अथैनं मात्रे प्रदाय स्तनं प्रयच्छति यस्ते स्तनः शशयो यो मयोभूर्यो रत्नधा वसुविद्यः सुदत्रः। येन विश्वा पुष्यसि वार्याणिः सरस्वति तमिह धातवेऽकरिति ॥27॥

इसके बाद उस बालक को माता को देकर उसके मुँह में (पिता) स्तन देता है। स्तन देते समय यह मंत्र बोलता है। (मन्त्रार्थ—) "हे सरस्वती! यह स्तन अब इसको पान करने के लिए दो। तुम्हारा जो स्तन अभी तक शुष्क जैसा ही था, वह तो सर्व प्राणियों के लिए सुखदायक है, वह रमणीय है, वह धन को धारण करनेवाला है। वह सुवर्णधारक है, वह कल्याणकारी है (हे सरस्वती!) तुम उस स्तन से सर्वपोषण करने योग्य वस्तुओं का पोषण करती हो।"

अथास्य मातरमभिमन्त्रयते इलासि मैत्रावरुणी वीरे वीरमजीजनत्। सा त्वं वीरवती भव याऽस्मान् वीरवतोऽकरोदिति तं वा एतमाहुरतिपिता बताभूरतिपितामहो वताभूः परमां बत काष्ठां प्रापच्छ्रया यशसा ब्रह्मवर्चसेन य एवंविदो ब्राह्मणस्य पुत्रो जायत इति ॥28॥

इति चतुर्थं ब्राह्मणम्॥

इसके बाद (पिता) बालक की माता को अभिमंत्रित करता है। अभिमन्त्रण करते समय यह मंत्र बोलता है। (मंत्रार्थ—) "तुम पृथ्वीरूप हो, समस्त भोग सामग्री को देनेवाली हो, तुम मैत्रावरुणी (अरुन्धती) हो। पुत्रोत्पत्ति के लिए मैं निमित्त कारण हूँ इसी से वीर पुत्र उत्पन्न करनेवाली तुम वीरपुत्रों वाली बनो। तुमने हमें वीरपुत्रवाला पिता बनाया है। इस पुत्र को देखकर लोग कहेंगे—"वाह! तू तो अपने पिता से भी आगे बढ़ गया! अरे वाह! तू तो अपने दादा से भी बढ़कर निकला! और लक्ष्मी, कीर्ति और ब्रह्मतेज से तू तो उन्नति की चरम सीमा तक पहुँच गया!" इस प्रकार विशिष्ट ज्ञानसम्पन्न ब्राह्मण को यदि ऐसा पुत्र होता है, तो उससे पिता भी स्तुतिपात्र हो जाता है।

(यहाँ चौथा ब्राह्मण पूरा हुआ।)

❋

पञ्चमं ब्राह्मणम्

अथ वꣳशः। पौतिमाषीपुत्रः कात्यायनीपुत्रात् कात्यायनीपुत्रो गौतमीपुत्राद्गौतमीपुत्रो भारद्वाजीपुत्राद्भारद्वाजीपुत्रः पाराशरीपुत्रात्पाराशरीपुत्र औपस्वस्तीपुत्रादौपस्वस्तीपुत्रः पाराशरीपुत्रात्पाराशरीपुत्रः कात्यायनीपुत्रात्कात्यायनीपुत्रः कौशिकीपुत्रात्कौशिकीपुत्र आलम्बीपुत्राच्च वैयाघ्रपदीपुत्राच्च वैयाघ्रपदीपुत्रः काण्वीपुत्राच्च कापीपुत्राच्च कापीपुत्रः ॥1॥

अब इस ज्ञानशाखा की आचार्य परंपरा कही जा रही है। यह ज्ञान पौतिमाषी के पुत्र ने कात्यायनी-पुत्र से, कात्यायनी-पुत्र ने गौतमी के पुत्र से, गौतमी-पुत्र ने भारद्वाजी के पुत्र से, भारद्वाजी के पुत्र ने पाराशरी के पुत्र से, पाराशरी पुत्र ने औपस्वस्ती-पुत्र से, औपस्वस्ती-पुत्र ने पाराशरी के पुत्र से, पाराशरी-पुत्र ने कात्यायनी के पुत्र से, कात्यायनी के पुत्र ने कौशिकी के पुत्र से, कौशिकी-पुत्र ने आम्बीलपुत्र और वैयाघ्रपदी के पुत्र से, वैयाघ्रपदी के पुत्र ने काण्वी के पुत्र और कापी-पुत्र से लिया। और कापीपुत्र ने—

आत्रेयीपुत्रादात्रेयीपुत्रो गौतमीपुत्राद्गौतमीपुत्रो भारद्वाजीपुत्राद्भारद्वाजीपुत्रः पाराशरीपुत्रात्पाराशरीपुत्रो वात्सीपुत्राद्वात्सीपुत्रः पाराशरीपुत्रात्पाराशरीपुत्रो वार्कारुणिपुत्राद्वार्कारुणिपुत्रो वार्कारुणिपुत्राद्वार्कारुणिपुत्र आर्तभागीपुत्रादार्तभागीपुत्रः शौङ्गीपुत्राच्छौङ्गीपुत्रः सांकृतीपुत्रात्सांकृतीपुत्र आलम्बायनीपुत्रादालम्बायनीपुत्र आलम्बीपुत्रादालम्बीपुत्रो जायन्तीपुत्राज्जायन्तीपुत्रो माण्डूकायनीपुत्रान्माण्डूकायनीपुत्रो माण्डूकीपुत्रान्माण्डूकीपुत्रः शाण्डिलीपुत्राच्छाण्डिलीपुत्रो राथीतरीपुत्राद्राथीतरीपुत्रो भालुकीपुत्राद्भालुकीपुत्रः क्रौञ्चिकीपुत्राभ्यां क्रौञ्चिकीपुत्रौ वैदभृतीपुत्राद्वैदभृतीपुत्रः कार्शकेयीपुत्रात्कार्शकेयीपुत्रः प्राचीनयोगीपुत्रात्प्राचीनयोगीपुत्रः सांजीवीपुत्रात्सांजीवीपुत्रः प्राश्नीपुत्रादासुरिवासिनः प्राश्नीपुत्र आसुरायणादासुरायण आसुरेरासुरिः ॥2॥

आत्रेयीपुत्र से, आत्रेयीपुत्र ने गौतमीपुत्र से, गौतमीपुत्र ने भारद्वाजी से, उसने पाराशरी के पुत्र से, उसने वात्सी के पुत्र से, उसने पाराशरी के पुत्र से, उसने वार्कारुणि के पुत्र से, उसने दूसरी वार्कारुणि के पुत्र से, उसने आर्तभागी के पुत्र से, उसने शौंगी के पुत्र से, उसने सांकृति के पुत्र से, उसने आलम्बायनी के पुत्र से, उसने आलम्बी के पुत्र से, उसने जायन्ती के पुत्र से, उसने माण्डूकायनी के पुत्र से, उसने माण्डूकी के पुत्र से, उसने शांडिली के पुत्र से, उसने राथीतरी के पुत्र से, उसने बालुकि के पुत्र से, उसने कौंचिकी के दो पुत्रों से, उन्होंने वैदभृति के पुत्र से, उसने कार्शकेयी के पुत्र से, उसने प्राचीन योगी के पुत्र से, उसने सांजीवी के पुत्र से, उसने प्राश्नी के पुत्र आसुरिवासी से, उसने आसुरायण से, आसुरायण ने आसुरि से, और आसुरि ने—

याज्ञवल्क्याद्याज्ञवल्क्य उद्दालकादुद्दालकोऽरुणादरुण उपवेशेरुपवेशिः कुश्रेः कुश्रिर्वाजश्रवसो वाजश्रवा जिह्वावतो बाध्योगाज्जिह्वावान्बाध्योगोऽसिताद्वार्षगणादसितो वार्षगणो हरितात्कश्यपाद्धरितः कश्यपः शिल्पात्कश्यपाच्छिल्पः कश्यपः कश्यपान्नैध्रुवेः कश्यपो नैध्रुविर्वाचो

वागम्भिण्या अम्भिण्यादित्यादित्यानीमानि शुक्लानि यजुःषि वाजसने-येन याज्ञवल्क्येनाख्यायन्ते ॥3॥

याज्ञवल्क्य से, याज्ञवल्क्य ने उद्दालक से, उसने अरुण से, उसने उपवेशि से, उसने कुश्री से, उसने याजश्रवा से, उसने जिह्वावान बाध्योग से, उसने असित वार्षगण से, उसने हरित काश्यप से, उसने शिल्प काश्यप से, उसने काश्यप नैध्रुवि से, उसने वाक् से, उसने अंभिणी से, उसने सूर्य से और सूर्य द्वारा प्राप्त हुआ यह यजुर्वेद याज्ञवल्क्य वाजसनेय ने कहा है।

समानमा सांजीवीपुत्रात्सांजीवीपुत्रो माण्डूकायनेर्माण्डूकायनिर्माण्ड-व्यान्माण्डव्यः कौत्सात्कौत्सो माहित्थेर्माहित्थिर्वामकक्षायणाद्वामकक्षा-यणः शाण्डिल्याच्छाण्डिल्यो वात्साद्वात्स्यः कुश्रेः कुश्रिर्यज्ञवचसो राज-स्तम्बायनाद्यज्ञवचा राजस्तम्बायनस्तुरात्कावषेयात्तुरः कावषेयः प्रजा-पतेः प्रजापतिर्ब्रह्मणो ब्रह्म स्वयंभु ब्रह्मणे नमः ॥4॥

इति पञ्चमं ब्राह्मणम् ॥

इति बृहदारण्यकोपनिषदि षष्ठोऽध्यायः ॥6॥

॥ इति बृहदारण्यकोपनिषत्समाप्ता ॥

(वही ज्ञान सांजीवी के पुत्र के पास कैसे आया, यह अब बताते हैं—) सांजीवी के पुत्र ने वह ज्ञान माण्डूकायनि से प्राप्त किया। उसने माण्डव्य से, उसने कौत्स से, उसने आहित्थि से, उसने वाकक्षायण से, उसने शाण्डिल्य से, उसने वत्स्य से, उसने कुश्रि से, उसने यज्ञवचा राजस्तंभायन से, उसने तुरकावशेय से, उसने प्रजापति से तथा प्रजापति ने ब्रह्म से ज्ञान प्राप्त किया। ब्रह्म स्वयंभू है उस स्वयंभू ब्रह्म को नमस्कार।

(यहाँ पाँचवाँ ब्राह्मण पूरा हुआ।)

यहाँ बृहदारण्यकोपनिषद् में छठा अध्याय समाप्त होता है।

इस प्रकार बृहदारण्यकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

मन्त्रानुक्रमणिका

अ

अग्नये स्वाहेत्यग्नौ हुत्वा	बृह० 6.3.3
अग्निर्मूधा चक्षुषी	मुण्ड० 2.1.4
अग्निर्यथैको भुवनं	कठ० 2.5.9
अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं	ऐत० 1.2.4
अग्निर्हिङ्कारो वायुः	छन्दो० 2.20.1
अग्निष्टे पादं वक्तेति	छन्दो० 4.6.1
अग्ने नय सुपथा	ईश० 18
अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषः	कठ० 2.4.12-13. 2.6.17
अजा हिंकारोऽवयः	छान्दो० 2.18.1
अजीर्यताममृतानाम्	कठ० 1.1.28
अणुः पन्था विततः	बृह० 4.4.8
अणोरणीयान्महतो महीयान्	कठ० 1.2.20
अतः समुद्रा गिरयश्च	मुण्ड० 2.1.9
अतो यान्यन्यानि वीर्यवन्ति	छान्दो० 1.3.5
अत्र पिताऽपिता भवति	बृह० 4.3.22
अत्र यजमानः परस्तादायुषः	छान्दो० 2.24.6,10
अत्रैष देवः स्वप्ने	प्रश्न० 4.5
अत्स्यन्नं पश्यसि प्रियम्	छान्दो० 5.12.2 5.14.2, 5.15.2 5.16.2,5.17.2
अथ कबन्धी कात्यायन	प्रश्न० 1.3
अथ कर्मणामामत्येतदेषा..	बृह० 1.6.3
अथ खलु य उद्गीथः	छान्दो० 1.5.1,5
अथ खलु व्यानमेवोद्गीथम्	छान्दो० 1.3.3
अथ खलूद्गीथाक्षराणि	छान्दो० 1.3.6
अथ खल्वमुमादित्यꣳ	छान्दो० 2.9.1
अथ खल्वात्मसंमितम्	छान्दो० 2.10.1
अथ खल्वाशीः समृद्धिः	छान्दो० 1.3.8
अथ खल्वेतयर्चा पच्छ	छान्दो० 5.2.7
अथ चक्षुरत्यवहत्तद्यदा	बृह० 1.3.14
अथ जुहोति नमः	छान्दो० 2.24.14
अथ जुहोति नमोऽग्नये	छान्दो० 2.24.5
अथ जुहोति नमो वायवे	छान्दो० 2.24.9
अथ तत ऊर्ध्व उदेत्य	छान्दो० 3.11.1
अथ त्रयो वाव लोकाः	बृह० 1.5.16
अथ प्रतिसृप्याञ्जलौ	छान्दो० 5.2.6
अथ मनोऽत्यवहत्तद्यदा	बृह० 1.3.16
अथ य आत्मा स सेतु०	छान्दो० 8.4.1
अथ य इच्छेत्पुत्रो मे कपिलः	बृह० 6.4.15
अथ य इच्छेत्पुत्रो मे पण्डिताः	बृह० 6.4.18
अथ य इच्छेत्पुत्रो मे श्यामो	बृह० 6.4.17
अथ य इच्छे दुहिता मे	बृह० 6.4.17
अथ य इमे ग्राम इष्टापूर्ते	छान्दो० 5.10.3
अथ य एतदेवं विद्वान्	छान्दो० 1.7.7, 5.24.2
अथ य एष सम्प्रसादो०	छान्दो० 8.3.4
अथ य एषोऽन्तरक्षिणि	छान्दो० 1.7.5
अथ यच्चतुर्थममृतम्	छान्दो० 3.9.1
अथ यत्तदजायत	छान्दो० 3.19.3
अथ यत्तपो दानम्	छान्दो० 3.17.4
अथ यत्तृतीयममृतम्	छान्दो० 3.8.1
अथ यत्पञ्चममृतम्	छान्दो० 3.10.1
अथ यत्प्रथमास्तमिते	छान्दो० 2.9.8
अथ यत्प्रथमोदिते	छान्दो० 2.9.3
अथ यत्रैतत्पुरुषः	छान्दो० 6.8.5
अथ यत्रैतदबलिमानम्	छान्दो० 8.6.4
अथ यत्रैतदाकाशम्	छान्दो० 8.12.4
अथ यत्रैदस्माच्छरीराद्	छान्दो० 8.6.5
अथ यत्रोपाकृते प्रातः	छान्दो० 4.16.4
अथ यत्सङ्गववेलायाꣳ	छान्दो० 2.9.4
अथ यत्सत्रायणमित्याचक्षते	छान्दो० 8.5.2
अथ यत्सम्प्रति मध्यन्दिने	छान्दो० 2.9.5
अथ यदतः परो	छान्दो० 3.13.7

अथ यदनाशकायनमित्या	छान्दो० 8.5.3
अथ यदवोचꣳ स्वः	छान्दो० 3.15.7
अथ यदवोचं भुवः	छान्दो० 3.15.6
अथ यदवोचं भूः	छान्दो० 3.15.5
अथ यदशनाति	छान्दो० 3.17.2
अथ यदा सुषुप्तो भवति	बृह० 2.1.19
अथ यदास्य वाङ्०	छान्दो० 6.15.2
अथ यदि गन्धमाल्य	छान्दो० 8.2.6
अथ यदि गीतवादित्र	छान्दो० 8.2.8
अथ यदि तस्याकर्ता	छान्दो० 6.16.2
अथ यदिदमस्मिन्ब्रह्मपुरे	छान्दो० 8.1.1
अथ यदि द्विमात्रेण	प्रश्न० 5.4
अथ यदि भ्रातृलोक कामो	छान्दो० 8.2.3
अथ यदि महज्जिगमिषेद्	छान्दो० 5.2.4
अथ यदि मातृलोक	छान्दो० 8.2.2
अथ यदि यजुष्टो	छान्दो० 4.17.5
अथ यदि सखिलोक	छान्दो० 8.2.5
अथ यदि सामतो	छान्दो० 4.17.6
अथ यदि स्त्रीलोककामो	छान्दो० 8.2.9
अथ यदि स्वसृलोककामो	छान्दो० 8.2.4
अथ यदु चैवास्मिञ्छव्यं	छान्दो० 4.15.5
अथ यदूर्ध्व मध्यन्दिनात्	छान्दो० 2.9.6
अथ यदूर्ध्वमपराह्णात्	छान्दो० 2.9.7
अथ यदेतदक्ष्णः शुक्लम्	छान्दो० 1.7.4
अथ यदेतदादित्यस्य	छान्दो० 1.6.5
अथ यदेवैतदादित्यस्य	छान्दो० 1.6.6
अथ यद् द्वितीयममृतं	छान्दो० 3.7.1
अथ यद्धसति	छान्दो० 3.17.3
अथ यद्यज्ञ इत्याचक्षते	छान्दो० 8.5.1
अथ यद्यन्नपानलोककामो	छान्दो० 8.2.7
अथ यद्यप्येनानुत्क्रान्त०	छान्दो० 7.15.3
अथ यद्युदक आत्मानम्	बृह० 6.4.6
अथ यद्येनमूष्मसूपालभेत	छान्दो० 2.22.4
अथ यस्य जायामार्तवम्	बृह० 6.4.13
अथ यस्य जायायै	बृह० 6.4.12
अथ या एता हृदयस्य	छान्दो० 8.6.1
अथ यां चतुर्थीम्	छान्दो० 5.22.1
अथ यां तृतीयाम्	छान्दो० 5.21.1
अथ यां द्वितीयाम्	छान्दो० 5.20.1
अथ यानि चतुश्चत्वारिं	छान्दो० 3.16.3
अथ यान्यष्टाचत्वारिꣳ	छान्दो० 3.16.5
अथ यां पञ्चमीम्	छान्दो० 5.23.1
अथ यामिच्छेद्दधीतेति	बृह० 6.4.11
अथ यामिच्छेन्न गर्भ दधीतेति	बृह० 6.4.10
अथ ये चास्येह	छान्दो० 8.3.2
अथ ये यज्ञेन दानेन	बृह० 6.2.16
अथ येऽस्य दक्षिणा रश्मयः	छान्दो० 3.2.1
अथ येऽस्य प्रत्यञ्चो	छान्दो० 3.3.1
अथ येऽस्योदञ्चो	छान्दो० 3.4.1
अथ येऽस्योर्ध्वा रश्मयः	छान्दो० 3.5.1
अथ यो वेदेदं मन्वानीति	छान्दो० 8.12.5
अथ योऽस्य दक्षिणः	छान्दो० 3.13.2
अथ योऽस्य प्रत्यङ्सुषिः	छान्दो० 3.13.3
अथ योऽस्योदङ्सुषिः	छान्दो० 3.13.4
अथ योऽस्योर्ध्वः	छान्दो० 3.13.5
अथ रूपाणां चक्षुः	बृह० 1.6.2
अथर्वणे यां प्रवदेत	मुण्ड० 1.1.2
अथ वꣳशः । पौतिमाषी०	बृह० 6.5.1
अथ वꣳशः (पौतिमाष्यात्)	बृह० 4.6.1
अथ वꣳशः पौतिमाष्यो	बृह० 2.6.1
अथ वायुमब्रुवन्	केन० 3.7
अथ श्रोत्रमत्यवहत्तद्यदा	बृह० 1.3.15
अथ सप्तविधस्य वाचि	छान्दो० 2.8.1
अथ ह चक्षुरुद्गीथम्	छान्दो० 1.2.4
अथ ह चक्षुरूचुस्त्वम्	बृह० 1.3.4
अथ ह प्राण उच्चिक्रमिष	छान्दो० 5.1.12
अथ ह प्राणं उत्क्रमि०	बृह० 6.1.13
अथ ह प्राणमत्यवहत्	बृह० 1.3.13
अथ ह प्राणमूचुस्त्वं न	बृह० 1.3.3
अथ ह प्राणा अहꣳ श्रेयसि	छान्दो० 5.1.6
अथ ह मन उद्गीथम्	छान्दो० 1.2.6
अथ ह मन ऊचुस्त्वम्	बृह० 1.3.6
अथ ह य एतानेवम्	छान्दो० 5.10.10
अथ ह य एवायं मुख्यः	छान्दो० 1.2.7

अथ ह याज्ञवल्क्यस्य द्वे	बृह० 4.5.1
अथ ह वाचक्नव्युवाच	बृह० 3.8.1
अथ ह वाचमुद्गीथम्	छान्दो० 1.2.3
अथ ह शौनकं च	छान्दो० 4.3.5
अथ ह श्रोत्रमूचुस्त्वम्	बृह० 1.3.5
अथ ह श्रोतमुद्गीथम्	छान्दो० 1.2.5
अथ ह हꣳसा निशायाम्	छान्दो० 4.1.2
अथ हाग्नयः समूदिरे	छान्दो० 4.10.4
अथ हेन्द्रोऽप्राप्यैव	छान्दो० 8.9.1
अथ हेममासन्यम्	बृह० 1.3.7
अथ हैनं कहोलः	बृह० 3.5.1
अथ हैनं कौसल्यः	प्रश्न० 3.1
अथ हैनं गार्गी वाच	बृह० 3.6.1
अथ हैनं गार्हपत्यो०	छान्दो० 4.11.1
अथ हैनं जारत्कारव	बृह० 3.2.1
अथ हैनं प्रतिहर्तोपससाद	छान्दो० 1.11.8
अथ हैनं प्रस्तोतोपससाद	छान्दो० 1.11.4
अथ हैनं भार्गवो	प्रश्न० 2.1
अथ हैनं भुज्युर्लाह्यायनिः	बृह० 3.3.1
अथ हैनं मनुष्या ऊचुः	बृह० 5.2.2
अथ हैनं सौर्यायणी	प्रश्न० 4.1
सैषा चित्रा सुदृढा	नृ०उ० 9.6
सैषा वटबीजसामान्य०	नृ०उ० 9.5
सोऽग्रे भूतानां मृत्युम्	सुबा० 1.4
सोऽन्तरादन्तरं	अथर्वशिर० 3
सोऽन्ते वैश्वानरो भूत्वा	सुबा० 2.4
सोपाधिकसाकारो वर्णित:	त्रि०वि० 2.5
सोऽब्रवीदहमेक:	अथर्वशिर० 2
सोऽभयस्यास्य देवस्य	रामपूर्व० 1.13
सोमात्मिका ओषधीना	सीता० 13
सोऽमिति यावदास्थिति:	द०मू० 20
सोऽयमात्मा चतुष्पात्	नृ०उ० 1.5
सोऽविमुक्त उपास्यो य:	रामोत्तर० 3.2
सोऽविमुक्त: कस्मिन्	रामोत्तर० 3.3
सोऽहं नित्यानित्योऽहं	अथर्वशिर० 4
सोमसूर्यपुरस्तात्	अथर्वशिर० 42
सोऽविमुक्त: कस्मिन्	जाबा० 2.2
सौबालबीजब्रह्मोपनिषद्	सुबा० 16.1
स्तुवन्त्येवं हि ऋषय:	रामपूर्व० 4.17
स्त्रियं नपुंसकं गृध्रं	बृहज्जा० 4.9
स्त्रीणामवाच्यदेशस्य	ना०परि० 4.28
स्थाणुर्नित्य: सदानन्द:	सर्व० 19
स्थानत्रयव्यतीतोऽहम्	ब्र०वि० 108
स्थानात्स्थानं समाकृष्य	त्रि०ब्रा० 2.130
स्थानानि स्थानिभ्यो	सुबा० 5.1
स्थिरमात्मदृढं कृत्वा	क्षुरि० 6
स्थूलदेहविहीना म.	ते०बि० 4.73
स्थूलानि सूक्ष्माणि	श्वेता० 5.12
स्नानं त्रिषवणं प्रोक्तम्	ना०परि० 4.22
स्पर्शं रूपं रसं गन्धं	ते०बि० 5.103
स्फटिकरजतवर्ण	द०मू० 8
स्फुरत्प्रज्वलसंज्वाला	यो०चू० 97
स्मर्तव्या पञ्चघटिका:	त्रि०ब्रा० 2.136
स्मर्तव्या नाडिका: प्राण:	त्रि०ब्रा० 2.139
स्वकामशक्तिवाग्लक्ष्मी०	रा०र० 2.16
स्वचैतन्ये सदा स्थास्ये	ते०बि० 3.25
स्वच्छाभ्यां नम इत्युक्त्वा	बृहज्जा० 4.36
स्वत: पूर्ण: परात्मात्र	शु०र० 34
स्वदेहमरणिं कृत्वा	श्वेता० 1.14
स्वदेहे यो न जानाति	यो०चू० 4
स्वप्नदृष्टं च यद्वस्तु	ते०बि० 6.88
स्वप्नस्थानश्चतुरात्मा	नृ०उ० 2.6
स्वप्नस्थान: सूक्ष्मप्रज्ञ:	नृ०उ० 1.7
स्वप्नस्थानोऽन्त:प्रज्ञ:	रामोत्तर० 2.11
स्वप्नस्थानोऽन्त:प्रज्ञ:	नृ०पूर्व० 4.5
स्वप्नेऽपि यो हि युक्त:	ना०परि० 5.32
स्वप्ने स जीव: सुख०	कैव० 13
स्वप्रकाशचिदानन्दम्	ब्र०वि० 21
स्वप्रकाशपरंज्योति	रामोत्तर० 5.2
स्वप्रकाशापरोक्षत्व०	शु०र० 37
स्वभक्तायैव दातव्यम्	शरभ० 38
स्वभावमेके कवयो	श्वेता० 6.1
स्वमात्मनि स्वयं तृप्त:	ते०वि० 4.81
स्वयं ब्रह्म न सन्देह:	ते०बि० 6.39
स्वयं ब्रह्मात्मकं विद्धि	ते०बि० 6.52
स्वयमायान्ति निधय:	रा०र० 2.35
स्वयमेव स्वयं भामि	ते०वि० 3.22
स्वयमेव स्वयं भुङ्क्षे	ते०बि० 3.23
स्वयमेव स्वयं हंस:	ते०बि० 4.31
स्वयमेवैकवीरोऽग्रे	ते०बि० 4.32
स्वयोनावुपशान्तस्य	मैत्रा० 4.4-2
स्वयोनावुपशान्तस्य	मैत्रे० 1.8
स्वरूपव्याप्तरूपस्य	त्रि०ब्रा० 2.148
स्वरेण सन्धयेद्योगम्	ब्र०वि० 7
स्वर्ग इति सत्संसर्ग:	निरा० 17
स्वर्णाभामम्बुजकरां	रा०र० 2.97

स्वर्भूर्ज्योतिर्मयो	रामपूर्व० 2.1
स्वल्पापि दीपकणिका	आ०बो० 2.28
स्वस्यात्मनि स्वयं रंस्ये	ते०बि० 3.24
स्वस्वरूपज्ञ: परिव्राट्	ना०परि० 9.23
स्वस्वरूपात्र चलसि	ते०बि० 5.74
स्वस्वरूपे स्वयंज्योति:	ते०वि० 4.52
स्वात्मराज्ये स्वमेवासि	ते०बि० 5.73
स्वात्मानं पुरुषं पश्येत्	ध्या०वि० 105
स्वाधिष्ठानं ततश्चक्रं	ध्या०बि० 48
स्वाधिष्ठानाश्रयादस्मान्	यो०चू० 12
स्वाहान्ते जुहुयात्तत्र	बृहज्जा० 3.15
स्वाहान्तो मन्त्रराजोऽयं	रा०र० 2.79
स्वाहान्तो हुंफडन्तो	रा०र० 2.19
स्वेन तेजसा ततो देवा	अथर्वशिर० 6
स्वेनावृतं सर्वमिदं	ना०परि० 9.20

ह

हंस एव परं वाक्यम्	ब्र०वि० 61
हंसज्योतिरनूपम्यम्	ब्र०वि० 64
हंसविद्यामृते लोके	ब्र०वि० 26
हंस: शुचिषद्वसु:	ना०परि० 5.10
हंस हंसेति यो ब्रूयात्	ब्र०वि० 34
हंसहंसेत्यमुं मन्त्रं	ध्या०बि० 62
हंसो जटाधारी	ना०परि० 5.14
हं हनूमांश्चतुर्थ्यन्तं	रा०र० 2.105
हकार: परमेश: स्यात्	यो०चू० 83
हकारं वियत्स्वरूपं	ध्या०बि० 97
हकारेण बहिर्याति	यो०चू० 31
हत्वा विभीषणं तत्र	रामपूर्व० 4.29
हत्वा रावणमायान्तं	रा०र० 2.85
हनूमान् होवाच—आदौ	रा०र० 3.2
हरिं हरन्तं पादाभ्याम्	शरभ० 7
हस्तमेवाप्येति यो	सुबा० 9.7
हस्तावध्यात्मम्	सुबा० 5.11
हस्तौ यथोक्तविधिना	त्रि०ब्रा० 2.94
हिक्काकासस्तथा श्वास:	यो०चू० 117
हिताहितं मनोरामम्	ना०परि० 3.67
हिरण्यज्योतिर्यस्मिन्	सुबा० 2.3
हुंकारं चात्र रामस्य	रामपूर्व० 4.57
हृत्पद्मकर्णिकामध्ये	ध्या०बि० 19
हृत्पद्ममध्ये सर्वं यत्	आ०बो० 1.6
हृत्पुण्डरीकमध्ये तु	मैत्रे० 1.12
हृत्पुण्डरीकं विरजं	कैव० 6
हृदयग्रन्थिरस्तित्वे	ते०बि० 6.101
हृदयपरलान्यष्टौ	गर्भ० 21
हृदयस्य मध्ये लोहितं	सुबा० 4.1
हृदयाम्भोरुहं चापि	त्रि०ब्रा० 2.100
हृदाकाशे चिदादित्य:	मैत्रे० 2.14
हृदिस्था देवता: सर्वा	ब्रह्म० 4
हृदिस्था देवता: सर्वा	अथर्वशिर० 43
हृद्द्वारं वायुद्वारं च	अमृ० 26
(हेतुना) कार्यसिद्धेन	सीता० 22
हेमाभया द्विभुजया	रामपूर्व० 4.9
ह्रं स्रं भ्रं वं व्रं	रामपूर्व० 4.50
ह्रस्वो दहति पापानि	ध्या०बि० 17
ह्रीस्तथा ज्ञानविज्ञाने	ना०परि० 4.12

❋


उपनिषत्सञ्चयनम्
ईशान्यादिदशोपनिषद्
आचार्य केशवलाल वी. शास्त्री

गीताप्रेस, गोरखपुर

उपनिषत्सञ्चयनम्

ईशाद्यष्टोत्तरशतोपनिषदः

आचार्य केशवलाल वी. शास्त्री

॥ श्रीः ॥

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

162

उपनिषत्सञ्चयनम्

(हिन्दीभाषानुवादसहितम्)

तृतीयः खण्डः

(शाण्डिल्योपनिषदाऽऽरभ्य समाप्तिपर्यन्तम्)

अनुवादकः

आचार्य केशवलाल वि० शास्त्री

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

दिल्ली

प्रकाशक
चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
38 यू. ए. बंगलो रोड, जवाहर नगर
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली 110007
दूरभाष : (011) 23856391, 41530902

सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण 2014 ई.
मूल्य : 375.00

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. 37/117, गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129, वाराणसी 221001

•

चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बड़ौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069, वाराणसी 221001

•

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2 गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली-110002

•

मुद्रक
ए.के. लिथोग्राफर्स, दिल्ली

ISBN : 978-81-7084-615-7 (Vol. 3)
978-81-7084-617-3 (Set)

प्राक्कथन

परम्परा तो ऐसा कहती है कि हरएक वैदिक शाखा की अपनी एक-एक उपनिषत् थी; यदि इस किंवदन्ती में कुछ तथ्य हो, तब तो हमारा विशाल उपनिषत्साहित्य कालग्रस्त हो गया है, ऐसा अनुमान किया जा सकता है; पर जो-कुछ भी हो, उपनिषदें कुछ कालग्रस्त हुईं भी हों या न हों, तथापि उपनिषदों के निर्माण का सिलसिला तो आधुनिक काल तक जारी ही रहा है। सभी उपनिषदें एक साथ तो नहीं बनी हैं। वैदिककालीन उपनिषदों का भी भाषाकीय दृष्टि से विद्वानों ने क्रम बताया ही है; जैसे—प्रारम्भ में बृहदारण्यक, तैत्तिरीय, ऐतरेय, कौषीतकी, केन और छान्दोग्य आदि गद्य उपनिषदें बनीं। मध्यकाल में कठ, ईश, श्वेताश्वतर, मुण्डक और महानारायण आदि पद्यात्मक उपनिषदें बनीं तथा उसी श्रौतकाल के अन्तभाग में प्रश्न, मैत्रायणी और माण्डूक्योपनिषद् जैसी गद्यात्मक उपनिषदों का निर्माण हुआ—ऐसा भाषावैज्ञानिक विद्वानों का मानना है। यह तो केवल श्रौतकालीन उपनिषदों के भाषाकीय वर्गीकरण के आधार पर उनके समय की क्रमिकता बताने का अनुमान है, परन्तु इसके बाद भी उपनिषदों के निर्माण का क्रम चालू ही रहा है। इसको समझने के लिए हमें इतिहास पर थोड़ी दृष्टि डालनी होगी।

हमारे देश का प्राचीन नाम आर्यावर्त है, पर इसका यह अर्थ नहीं है कि इसमें केवल आर्य-श्रौत-वैदिक लोग ही निवास करते थे; हाँ, आर्य लोगों की अधिकता अवश्य थी। आर्यावर्त में आर्येतर शबर, पुलिन्द आदि कई अन्य लोग भी बसते ही थे। भागवत में ऐसी छोटी-मोटी नौ जातियों का उल्लेख है। तो आर्य और आर्येतर जाति एक ही भूमि पर रहते हुए भी विभिन्न संस्कृति वाली, विभिन्न धर्मभावना वाली और विविध उपासना पद्धति वाली थी। इस तरह दो समान्तर विचारधाराएँ एक ही भूमि पर वर्षों तक प्रवहमान रहीं। श्रौतभावधारा का नाम 'निगम' और इतर भावधारा का सामुदायिक नाम 'आगम' पड़ा।

कालान्तर में दोनों भावधाराओं का—दोनों संस्कृतियों का अभीष्ट संगम हुआ। और ऐसी एक समन्वयात्मक संस्कृति का निर्माण हुआ कि आज हम उन दोनों का पृथक्करण कर ही नहीं सकते; परिणाम यह हुआ कि एक ओर निगमों ने आगम को अपनी उपनिषदों की कुछ विद्याओं में स्थान दिया (जैसे अग्निविद्या आदि) और दूसरी ओर उन आगमों ने भी अपने को, 'वेदबाह्य नहीं हैं, वेदमूलक हम भी हैं'—ऐसा ठहराने का प्रयत्न किया। इसके लिए सबसे सरल मार्ग यह था कि अपने मत की ऐसी कोई उपनिषद् बनाकर किसी-न-किसी वेद के साथ में जोड़ दें। और उन आगमवादियों ने यही मार्ग पसन्द किया और फलस्वरूप हमें कुछ शैव, वैष्णव, शाक्त, गाणपत्य और हठयोग आदि की उपनिषदें मिलीं। उपनिषद् निर्माण का सिलसिला जारी ही रहा। ऐसा होने में निगम-आगम दोनों पक्षों का सहयोग था। निगम पक्ष में इस प्रक्रिया के पुरस्कर्ता 'शुभागमपंचक' (शुक, सनत्कुमार आदि) को माना जाता है। यह घटना अतिप्राचीन है। इस तरह उपनिषदें निर्मित होती रहीं।

श्रौतकाल के बाद की यह ऐतिहासिक घटना है। बौद्धकाल में भी यह समन्वयात्मक उपनिषत् निर्माण का प्रवाह चालू ही रहा और बौद्धमार्ग की छायावाली एक 'वज्रसूचि' नामक उपनिषद् भी मिलती है। समन्वय-भावना भारतीय संस्कृति की नसों में प्रवहमान है। और तो क्या कहें ? मुसलमानों के अर्वाचीन शासनकाल में भी उपनिषदों का बहुत बड़ा विस्तार देखा जाता है। एक 'अल्लोपनिषद्' भी मिलती है। इतना ही नहीं आज तक यह प्रक्रिया चालू ही है। विविध मतवादों को वेदमूलक बताने

की यह समन्वयात्मक प्रक्रिया है। हमारी संस्कृति का यह एक ऐसा शाश्वत तत्त्व है कि जिसके कारण हमारी संस्कृति हजारों वर्षों से जीवित रही है, कभी पतली और कभी अन्त:सलिला सरस्वती की तरह छिपी रहकर भी जीवित ही है। अभी थोड़े समय पहले ही हमारे प्रथम गवर्नर जनरल राजगोपालाचारी ने 'रामकृष्णोपनिषद्' नाम की एक उपनिषत् लिखी थी, परन्तु वह अंग्रेजी में होने से उपनिषदों की शैलीयुक्त नहीं थी इसलिए बेंगलूरू के स्वामी हर्षानन्द ने इसे उपनिषदों की शैली में पुन: संस्कृत में प्रस्तुत किया है।

यह सारा इतिहास हमारे वेदों, हमारी उपनिषदों और हमारी समन्वयभावना का महिमागान कर रहा है, हमारी वेदमूलकता को बढ़ावा दे रहा है, तथा उपनिषद् की उपादेयता बता रहा है।

आज तो इन उपनिषदों की संख्या सम्भवत: 272 तक पहुँच गई है, परन्तु उनमें से महत्त्वपूर्ण उपनिषदों का विद्वानों ने संचय या समुच्चय किया है। कभी-कभी उसे उपनिषत्संहिता भी कहा जाता है। इस प्रकार के समुच्चय दो प्रकार के हुए हैं—एक उत्तर भारतवर्ष में हुआ है और दूसरा दक्षिण भारत में व्यवस्थित हुआ है। पहले समुच्चय में 52 उपनिषदें आती हैं और दूसरे समुच्चय में 108 उपनिषदें आती हैं। पहले समुच्चय के ऊपर श्रीनारायण की दीपिका नाम की टीकाएँ हैं, और उसकी व्यवस्था भी नारायण ने ही रची है, ऐसा विद्वानों का अनुमान है। इसके बाद का दूसरा समुन्चय जो कि मुक्तिकोपनिषत् में प्रस्तुत की गई (108 उपनिषदों वाली) सूची के अनुसार है, जो अधिक प्रचलित है और 'अष्टोत्तरशतोपनिषत्' की संज्ञा से प्रतिष्ठित है, अत: प्रस्तुत संस्करण में इस दूसरे अधिक प्रचलित समुच्चय को ही ग्रहण किया गया है, और उस समुच्चय में कुछ उपनिषदों के पूर्व और उत्तर ऐसे दो भाग होने से कुल एक सौ ग्यारह उपनिषदें होती हैं।

मुक्तिकोपनिषत् में दिये गए विवरण के अनुसार 108 उपनिषदों की सारणी इस प्रकार है—इसमें ऋग्वेद की 10, शुक्लयजुर्वेद की 19, कृष्णयजुर्वेद की 32, सामवेद की 16 और अथर्ववेद की 31 = कुल मिलाकर 108 उपनिषदें होती हैं, जिसका विवरण यहाँ दिया जा रहा है—

१) **ऋग्वेदीय उपनिषदें**—ऐतरेय, कौषीतकि, नादबिन्दु, आत्मबोध, निर्वाण, मुद्गल, अक्षमालिका, त्रिपुरा, सौभाग्यलक्ष्मी और बह्वृच (कुल 10)।

२) **शुक्लयजुर्वेदीय उपनिषदें**—ईश, बृहदारण्यक, जाबाल, हंस, परमहंस, सुबाल, मंत्रिका, निरालम्ब, त्रिशिखिब्राह्मण, मण्डलब्राह्मण, अद्वयतारक, पैंगल, भिक्षुक, तुरीयातीतावधूत, अध्यात्म, तारसार, याज्ञवल्क्य, शाट्यायनी और मुक्तिका (कुल 19)।

३) **कृष्णयजुर्वेदीय उपनिषदें**—कठ, तैत्तिरीय, ब्रह्म, कैवल्य, श्वेताश्वतर, गर्भ, नारायण, अमृतबिन्दु, अमृतनाद, कालाग्निरुद्र, क्षुरिका, सर्वसार, शुकरहस्य, तेजोबिन्दु, ध्यानबिन्दु, ब्रह्मविद्या, योगतत्त्व, दक्षिणामूर्ति, स्कन्द, शारीरक, योगशिखा, एकाक्षर, अक्षि, अवधूत, कठरुद्र, रुद्रहृदय, योगकुण्डलिनी, पंचब्रह्म, प्राणाग्निहोत्र, वराह, कलिसंतरण, सरस्वतीरहस्य (कुल मिलाकर 32)।

४) **सामवेदीय उपनिषदें**—केन, छान्दोग्य, आरुणि, मैत्रायणि, मैत्रेयी, वज्रसूचिका, योगचूडामणि, वासुदेव, महा, संन्यास, अव्यक्त, कुण्डिका, सावित्री, रुद्राक्षजाबाल, जाबालदर्शन और जाबालि (कुल 16)।

५) **अथर्ववेदीय उपनिषदें**—प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, अथर्वशिर, अथर्वशिखा, बृहज्जाबाल, नृसिंहतापिनी, नारदपरिव्राजक, सीता, शरभ, त्रिपाद्विभूतिमहानारायण, रामरहस्य, रामतापिनी,

शाण्डिल्य, परमहंसपरिव्राजक, अन्नपूर्णा, सूर्य, आत्मा, पाशुपतब्रह्म, परब्रह्म, त्रिपुरातापिनी, देवी, भावना, ब्रह्मजाबाल, गणपति, महावाक्य, गोपालतापिनी, कृष्ण, हयग्रीव, दत्तात्रेय, गरुड (कुल 31)।

हमने नृसिंहतापिनी, रामतापिनी तथा गोपालतापिनी इन तीनों उपनिषदों के जो पूर्वतापिनी और उत्तरतापिनी ऐसे दो विभाग प्रचलित हैं, उन्हीं का स्वीकार करके दो-दो उपनिषदों की गणना की है, इस प्रकार इस दूसरे समुच्चय में उपनिषदों की कुल संख्या 111 होती है।

हमारी आज की संस्कृत भाषा की अपेक्षा प्राचीन उपनिषदों की वैदिक संस्कृत भाषा कुछ अलग है और अर्वाचीन उपनिषदों में भी पारिभाषिकता अधिक होने से संस्कृत के अनभिज्ञ लोगों के लिए और कभी-कभी अभिज्ञ लोगों के लिए भी दुरूह हो गई हैं, फिर भी उपनिषदों के आदर्श इतने महान् और भव्य हैं कि सम्पूर्ण विश्व की दृष्टि को अपनी ओर उन्होंने आकर्षित किया है। ई. 1640 में शाहजहाँ के ज्येष्ठपुत्र दाराशिकोह ने अपने काश्मीरवास के दरमियान उपनिषदों के बारे में कुछ बातें सुनकर वाराणसी के कुछ पण्डितों को दिल्ली बुलाकर पहले-पहल उपनिषदों का फारसी अनुवाद करवाया। सन् 1775 में फैजाबाद में रहने वाले फ्रांसीसी राजदूत ली जेन्टील ने उस अनुवाद की एक कापी अपने मित्र एकेलीन दुपरो को दी। उन्होंने उन उपनिषदों का लैटिन में अनुवाद किया और 1801-2 में वह प्रकाशित हुआ। वह अनुवाद क्लिष्ट होने पर भी शोपनहॉवर ने उसे बड़े उत्साह से पढ़ा। उन पर उसका बड़ा भारी प्रभाव पड़ा। उन्होंने लिखा है—"इस नवीन शताब्दि में सबसे महत्त्वपूर्ण लाभ यह हुआ है कि उपनिषदों के अनुवाद ने वेदों के अपौरुषेय ज्ञान का मार्ग खोल दिया है। मेरा यह विश्वास है कि संस्कृत साहित्य का प्रभाव उतना ही गम्भीर और व्यापक होगा, जितना की पंद्रहवी शताब्दि में पुनरुत्थानकाल में ग्रीक साहित्य का हुआ था। मेरी यह मान्यता है कि यदि किसी व्यक्ति ने प्राचीन भारतीय दर्शन का ज्ञान प्राप्त किया है, और उसने उसे समझा हो, तो उसे मैं जो कुछ भी कहना चाहता हूँ, वह इससे और भी स्पष्ट हो जाएगा। उपनिषदों में अपना अलग-अलग अस्तित्व रखने वाले अनेक क्लिष्ट सूत्र जो हैं, वे मेरे वर्णन से सरल-सुबोध हो जाएंगे।" (ह़ाल्डेन एवं केम्प कृत अनुवाद)

उपनिषदों की अपनी भूमिका में मैक्समूलर ने कहा है—"शोपनहॉवर ने उपनिषदों को जो 'उच्चतर मनीषा की उपज' कहा है, वह ठीक ही है, किन्तु और भी तथ्य उन्होंने बताया वह भी बड़ा महत्त्वपूर्ण है, वह यह कि उपनिषदों में जो बहुदेववाद दिखाई देता है, वह ब्रूनो, मेलकांश, स्पिनोजा और स्काट्स एरिजिना के बताए हुए बहुदेववाद से कहीं अधिक उच्चतर है। इन महान् ज्ञान-भाण्डागारों को उच्चतम स्थान दिलाने के लिए इतना ही पर्याप्त है। इनके सम्बन्ध में कुछ कहूँ, तो उससे अधिक वे स्वयं प्रमाण हैं।"

इसके बाद स्वामी विवेकानन्द आए। इनके पहले भी कुछ भारतीय विद्या के प्रेमी हुए थे, पर बहुत ही व्यापक प्रमाण में उन्होंने उपनिषदों के वेदान्ती ज्ञान को सारे पश्चिम में एक झंझावात की तरह फैला दिया। और आज तो प्रत्येक विचारक उपनिषदों को लक्ष्य में लिए बिना रह ही नहीं सकता। डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन् को भी इसका श्रेय जाता है।

ऐसे हमारे संचित निधि के रूप में आज भी वे जगमगा रहे हैं। उपनिषदों के ही प्रभाव से एक युग के कट्टर शत्रु 'विज्ञान' और 'अध्यात्म' आज नजदीक आ गए हैं। एक समय था जब अध्यात्म और विज्ञान के बीच पूर्णिमा और अमावास्या जितना बड़ा अन्तर था, जो आज शुक्ल चतुर्दशी और पूर्णिमा जितना मात्र ही रह गया है, दोनों के रास्ते अलग होने पर भी लक्ष्य एक ही है। विज्ञान बाहर से जिस तत्त्व की खोज कर रहा है, उसी तत्त्व की खोज अध्यात्म भीतर (अन्तस्) से कर रहा है। एक

शक्ति केन्द्रोत्सारी है, दूसरी केन्द्रगामी है। अनादि काल से दोनों की प्रक्रियाएँ अविरत चल ही रहीं हैं। कौन प्रथम और कौन द्वितीय है—यह कौन कह सकता है ? कोई नहीं। अत: हमें दोनों का स्वीकार करके चलना है। ऐसा नहीं करेंगे तो गति रुक जाएगी। इसलिए हमें आज केन्द्रगामी शक्ति के छूट जाने का भय सता रहा है, और उसे परितुष्ट केवल उपनिषदें ही कर सकती हं; चलिए हम फिर से उस केन्द्रगामी शक्ति को जगाएँ और उपनिषद् के विचारों को सोच-समझकर अपने जीवन को सुव्यवस्थित बनाएँ। हमें ये सभी विविध अध्यात्म विभावनाएँ मान्य हैं, लेकिन हम उनमें से अपनी रुचि, रस, रुझान, योग्यता, अधिकार के योग्य वस्तु चुनकर जीवन को संतुलित करेंगे—'एकं सद् बहुधा विप्रा वदन्ति।'

प्रकृत संस्करण के सन्दर्भ में

मुक्तिकोपनिषत् में वर्णित क्रम के अनुसार, जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है, उपनिषदों की संख्या 108 मानने की परम्परा चली आ रही है। श्री शंकराचार्य के भाष्यवाली उपनिषदों के अलावा एक-दो और उपनिषदों का मन्त्रश: हिन्दी अनुवाद तो मिलता है, इसके अतिरिक्त 98 उपनिषदों का मन्त्रश: हिन्दी अनुवाद हमारी दृष्टि में नहीं आया है। अत: हमने औपनिषदिक मन्त्रों के मौलिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए जहाँ तक बन सका है, मूलपाठों का अन्वय करके शब्दश: अनुवाद करने का प्रयास किया है। उपनिषत्कथित उपासनाओं की निदर्शनीय प्रक्रियाएँ अब लुप्त-प्राय हो गईं हैं, इसलिए भिन्न-भिन्न व्याख्याकारों ने अपने विशिष्ट ढंग से उन मन्त्रों की विवेचना की है। उनमें से हमें जो ज्यादा सरल और सुगम जान पड़ी, उसी के आधार पर मन्त्रों का अनुवाद प्रस्तुत किया है। उपासनाओं की गुत्थियों को सुलझाने के लिए पं० वासुदेवशरण अग्रवाल प्रभृति विद्वानों के अभिप्रायों को लक्ष्य में लेने का यथा सम्भव प्रयास किया है। तान्त्रिक, यौगिक एवं सम्प्रदाय-विशेष की उपनिषदों के अनुवाद में सुगमता एवं सरलता का विशेष ध्यान रखा गया है।

आशा है मेरा यह प्रयास संस्कृत एवं संस्कृति-प्रेमियों को पसन्द आयेगा।

31,ओंकार टावर,
राजकोट (गुजरात)

विदुषामनुचर:
केशवलाल वि० शास्त्री

उपनिषत्क्रम

		पृष्ठांक
(60)	शाण्डिल्योपनिषत्	1
(61)	पैंगलोपनिषत्	27
(62)	भिक्षुकोपनिषत्	42
(63)	महोपनिषत्	44
(64)	शारीरकोपनिषत्	108
(65)	योगशिखोपनिषत्	112
(66)	तुर्यातीतावधूतोपनिषत्	158
(67)	संन्यासोपनिषत्	161
(68)	परमहंसपरिव्राजकोपनिषत्	179
(69)	अक्षमालिकोपनिषत्	186
(70)	अव्यक्तोपनिषत्	193
(71)	एकाक्षरोपनिषत्	201
(72)	अन्नपूर्णोपनिषत्	204
(73)	सूर्योपनिषत्	243
(74)	अक्ष्युपनिषत्	246
(75)	अध्यात्मोपनिषत्	253
(76)	कुण्डिकोपनिषत्	262
(77)	सावित्र्युपनिषत्	267
(78)	आत्मोपनिषत्	270
(79)	पाशुपतब्रह्मोपनिषत्	275
(80)	परब्रह्मोपनिषत्	285
(81)	अवधूतोपनिषत्	292
(82)	त्रिपुरातापिन्युपनिषत्	297
(83)	देव्युपनिषत्	327
(84)	त्रिपुरोपनिषत्	332

(85) कठरुद्रोपनिषत् 336
(86) भावनोपनिषत् 343
(87) रुद्रहृदयोपनिषत् 347
(88) योगकुण्डल्युपनिषत् 353
(89) भस्मजाबालोपनिषत् 372
(90) रुद्राक्षजाबालोपनिषत् 385
(91) गणपत्युपनिषत् 393
(92) जाबालदर्शनोपनिषत् 397
(93) तारसारोपनिषत् 422
(94) महावाक्योपनिषत् 426
(95) पञ्चब्रह्मोपनिषत् 429
(96) प्राणाग्निहोत्रोपनिषत् 434
(97) गोपालपूर्वतापिन्युपनिषत् 439
(98) गोपालोत्तरतापिन्युपनिषत् 446
(99) कृष्णोपनिषत् 458
(100) याज्ञवल्क्योपनिषत् 462
(101) वराहोपनिषत् 468
(102) शाट्यायनीयोपनिषत् 498
(103) हयग्रीवोपनिषत् 505
(104) दत्तात्रेयोपनिषत् 509
(105) गरुडोपनिषत् 514
(106) कलिसंतरणोपनिषत् 521
(107) जाबाल्युपनिषत् 523
(108) सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत् 526
(109) सरस्वतीरहस्योपनिषत् 534
(110) बह्वृचोपनिषत् 543
(111) मुक्तिकोपनिषत् 546
पारिभाषिक शब्दकोश 563

❋

॥ श्रीः ॥

उपनिषत्समुच्चयनम्

(60) शाण्डिल्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

अथर्ववेदीय इस उपनिषद् में शाण्डिल्य और अथर्वा की प्रश्नोत्तरी के माध्यम से 'योगविद्या' का विशद विवेचन है। इसमें तीन अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में ग्यारह खण्ड हैं और तृतीय अध्याय में दो खण्ड हैं। इस तरह प्रथम अध्याय सबसे बड़ा है। आत्मोपलब्धि के उपाय के रूप में अष्टांगयोग सम्बन्धी विशद वर्णन प्रथमाध्याय में है। पातंजलयोगदर्शन से इसमें कुछ विशेषताएँ हैं, जो उपनिषद् के अध्ययन से ज्ञात होंगी। इसमें नाडीशोधन की प्रक्रिया ध्यानार्ह है। वह प्राणजय और सिद्धिप्राप्ति के लिए अधिकार प्राप्त करने में आवश्यक हैं। दूसरे अध्याय में ब्रह्म के सर्वव्यापी स्वरूप, उसकी अनिर्वचनीयता, उसकी लोकोत्तरता, उसकी ज्ञानगम्यता और जीवब्रह्मैक्य भावना बताई गई हैं। तीसरे अध्याय में ब्रह्म का सकल-निष्कल रूप भेद बताया गया है। ब्रह्म की सृष्टिसर्जकता की उपपत्ति दिखाकर अन्त में फलश्रुति कही गई है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

हे देवो! हम अपने कानों से केवल कल्याणकारी बातें ही सुनें। जिन्हें हम जानते हैं, ऐसे हे देवो! हम अपनी आँखों से केवल शुभ दृश्यों को ही देखें। हम अपने सुदृढ़ अंगों से युक्त शरीर के द्वारा आपकी स्तुति करते रहें। हम, देवों का दिया हुआ जितना आयुष्य है, उसे भोगते रहें।

वैयक्तिक शान्ति हो, पर्यावरणीय शान्ति हो, प्राणिजगत् की शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

शाण्डिल्यो ह वा अथर्वाणं पप्रच्छात्मलाभोपायभूतमष्टाङ्गयोगमनु-ब्रूहीति॥1॥

स होवाचाथर्वा—यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टाङ्गानि ॥2॥
तत्र दश यमाः। तथा नियमाः। आसनान्यष्टौ। त्रयः प्राणायामाः। पञ्च प्रत्याहाराः। तथा धारणाः। द्विप्रकारं ध्यानम्। समाधिस्त्वेकरूपः ॥3॥

शाण्डिल्य ने अथर्वा मुनि से पूछा कि "आत्मा की प्राप्ति के उपायरूप में अष्टांग योग के विषय में आप मुझे कहिए।" तब मुनि अथर्वा बोले कि यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—ये योग के आठ अंग हैं। उनमें यम दश हैं और नियम भी दश हैं, आसन आठ हैं, प्राणायाम तीन हैं, प्रत्याहार पाँच हैं, धारणाएँ भी पाँच हैं, ध्यान दो प्रकार का है और समाधि तो एक ही प्रकार की है।

तत्राहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यदयार्जवक्षमाधृतिमिताहारशौचानि चेति यमा दश ॥4॥
तत्राहिंसा नाम मनोवाक्कायकर्मभिः सर्वभूतेषु सर्वदाऽक्लेशजननम् ॥5॥
सत्यं नाम मनोवाक्कायकर्मभिर्भूतहितयथार्थाभिभाषणम् ॥6॥
अस्तेयं नाम मनोवाक्कायकर्मभिः परद्रव्येषु निःस्पृहता ॥7॥
ब्रह्मचर्यं नाम सर्वावस्थासु मनोवाक्कायकर्मभिः सर्वत्र मैथुनत्यागः ॥8॥
दया नाम सर्वभूतेषु सर्वत्रानुग्रहः ॥9॥
आर्जवं नाम मनोवाक्कायकर्मणां विहताविहितेषु जनेषु प्रवृत्तौ निवृत्तौ वा एकरूपत्वम् ॥10॥
क्षमा नाम प्रियाप्रियेषु सर्वेषु ताडनपूजनेषु सहनम् ॥11॥
धृतिर्नामार्थहानौ स्वेष्टबन्धुवियोगे तत्प्राप्तौ सर्वत्र चेतःस्थापनम् ॥12॥
मिताहारो नाम चतुर्थांशावशेषकसुस्निग्धमधुराहारः ॥13॥
शौचं नाम द्विविधं बाह्यमान्तरं चेति। तत्र मृज्जलाभ्यां बाह्यम्। मनःशुद्धिरान्तरम्। तदध्यात्मविद्यया लभ्यम् ॥14॥

इति प्रथमः खण्डः।

उनमें अहिंसा, सत्य, दूसरे की वस्तु के प्रति निःस्पृहता, ब्रह्मचर्य, दया, सरलता, क्षमा, धैर्य, मिताहार और पवित्रता—ये दश यम हैं। उन दश यमों में अहिंसा का अर्थ—मन-वचन-काया और कर्म से सभी प्राणियों को कभी भी दुःख न पहुँचाना होता है। सत्य का अर्थ—मन-वचन-काया-कर्म से यथार्थ और प्राणियों के लिए हितकारक बोलना होता है। अस्तेय का अर्थ—मन-वचन-काया और कर्म से परद्रव्य पर स्पृहारहित होना होता है। ब्रह्मचर्य का अर्थ—सभी अवस्थाओं में मन-वचन-काया और कर्म से सर्वथा मैथुन का त्याग होता है। दया का अर्थ—सभी प्राणियों पर सर्वत्र कृपा रखना होता है। आर्जव का अर्थ—मन-वचन-काया और कर्मों की लोगों के द्वारा अपनी ओर प्रवृत्ति हो या निवृत्ति हो और तह प्रवृत्ति या निवृत्ति शास्त्रीय हो या अशास्त्रीय भी हो, तो भी मनःस्थिति को समान ही रखना होता है। क्षमा का अर्थ—जो कुछ भी प्रिय-अप्रिय पूजन-ताडनादि घटनाएँ हों, उन्हें सहन करना होता है। धृति का अर्थ—धन की हानि होने पर अथवा अपने इष्ट सम्बन्धियों का वियोग या संयोग होने पर सर्वत्र चित्त को स्थिर-स्वस्थ रखना होता है। मिताहार का अर्थ—उदर में चौथा भाग शेष रहे इस तरह ही दूध, घी आदि मधुर पदार्थों का आहार करना होता है। शौच का अर्थ—शरीर के बाहर और भीतर

दोनों की शुद्धि करना होता है। उनमें बाहर की शुद्धि तो मिट्टी और पानी से हो जाती है। पर मन की शुद्धि तो आन्तरिक शुद्धि है, जो अध्यात्मविद्या से ही होती है।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

तपःसन्तोषास्तिक्यदानेश्वरपूजनसिद्धान्तश्रवणह्रीमतिजपव्रतानि दश नियमाः ॥1॥
तत्र तपो नाम विध्युक्तकृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः शरीरशोषणम् ॥2॥
सन्तोषो नाम यदृच्छालाभसंतुष्टिः ॥3॥
आस्तिक्यं नाम वेदोक्तधर्माधर्मेषु विश्वासः ॥4॥
दानं नाम न्यायार्जितस्य धनधान्यादेः श्रद्धयाऽर्थिभ्यः प्रदानम् ॥5॥
ईश्वरपूजनं नाम प्रसन्नस्वभावेन यथाशक्ति विष्णुरुद्रादिपूजनम् ॥6॥
सिद्धान्तश्रवणं नाम वेदान्तार्थविचारः ॥7॥
ह्रीर्नाम वेदलौकिकमार्गकुत्सितकर्मणि लज्जा ॥8॥
मतिर्नाम वेदविहितकर्ममार्गेषु श्रद्धा ॥9॥
जपो नाम विधिवद्गुरूपदिष्टवेदाविरुद्धमन्त्राभ्यासः। तद्द्विविधं वाचिकं मानसं चेति। मानसं तु मनसा ध्यानयुक्तम्। वाचिकं द्विविधमुच्चैरुपांशुभेदेन। उच्चैरुच्चारणं यथोक्तफलम्। उपांशु सहस्रगुणम्। मानसं कोटिगुणम् ॥10॥
व्रतं नाम वेदोक्तविधिनिषेधानुष्ठाननैयत्यम् ॥11॥

इति द्वितीयः खण्डः।

और दश नियम ये हैं—तप, सन्तोष, आस्तिक्य, दान, ईश्वरपूजन, सिद्धान्तश्रवण, ह्री, मति, जप और व्रत। उन नियमों में तप का अर्थ—विधिपूर्वक किए गए कृच्छ्रचान्द्रायणादि व्रतों द्वारा शरीर को सुखा देना होता है। सन्तोष का अर्थ—दैव इच्छा से जो कुछ भी मिले उसमें संतुष्ट रहना होता है। आस्तिक्य का अर्थ—वेदोक्त धर्म और अधर्म पर विश्वास होता है। दान का अर्थ—नीति से प्राप्त धन-धान्यादि को श्रद्धापूर्वक गरीबों को देना होता है। ईश्वरपूजन का अर्थ—प्रसन्नचित्त से यथाशक्ति विष्णु-रुद्रादि का पूजन होता है। सिद्धान्तश्रवण का अर्थ—वेदान्त के अर्थों का विचार करना होता है। 'ह्री' का अर्थ—लोकमार्ग में और वेदमार्ग में अधम माने गए कार्य को करने में 'लज्जा' होता है। मति का अर्थ—वेदोक्त कर्म मार्ग में श्रद्धा होता है। जप का अर्थ—गुरु के द्वारा उपदिष्ट मान्य वेदमंत्रों का अभ्यास होता है। यह जप दो प्रकार से किया जाता है—एक वाचिक और दूसरा मानसिक। उनमें मानसिक जप ध्यानयुक्त मन से होता है और वाचिक जप दो प्रकार से किया जाता है—ऊँची आवाज से और धीमी आवाज से। इसमें ऊँची आवाज से जप करने से तो यथोक्त फल ही मिलता है, पर धीमी आवाज से जप करने से हजार गुना फल मिलता है। और मानसिक जप से तो करोड़ गुना फल मिलता है। व्रत का अर्थ वेदोक्त विधिनिषेध का यथावत् आचरण करना होता है।

यहाँ पर दूसरा खण्ड पूरा हुआ।

❋

तृतीयः खण्डः

स्वस्तिकगोमुखपद्मवीरसिंहभद्रमुक्तमयूराख्यान्यासनान्यष्टौ ।
स्वस्तिकं नाम—
जानूर्वोरन्तरे सम्यक्कृत्वा पादतले उभे ।
ऋजुकायः समासीनः स्वस्तिकं तत्प्रचक्षते ॥1॥

स्वस्तिक, गोमुख, पद्म, वीर, सिंह, भद्र, मुक्त और मयूर नाम के आठ आसन होते हैं। उनमें यदि दोनों पैरों के तलों को दोनों घुटनों और ऊरुओं के बीच रखकर सीधा बैठा जाए तो उसे 'स्वस्तिकासन' कहा जाता है।

सव्ये दक्षिणगुल्फं तु पृष्ठपार्श्वे नियोजयेत् ।
दक्षिणेऽपि तथा सव्यं गोमुखं गोमुखं यथा ॥2॥

पीठ के दाहिने पार्श्व पर बायाँ टखना और पीठ की बाँयी ओर दाहिना टखना जोड़कर गोमुख की तरह यदि बैठा जाए तो 'गोमुख' नाम का आसन होता है।

अङ्गुष्ठेन निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमेण च ।
ऊर्वोरुपरि शाण्डिल्य कृत्वा पादतले उभे ।
पद्मासनं भवेदेतत् सर्वेषामपि पूजितम् ॥3॥

हे शाण्डिल्य ! दोनों हाथों से उल्टी रीति से दोनों पैरों के अँगूठे को पकड़कर दोनों ऊरुओं के ऊपर दोनों पादतलों को एक-दूसरे के विपरीत क्रम में रखकर बैठने से सर्वजनों द्वारा पूजित 'पद्मासन' होता है।

एकं पादमथैकस्मिन् विन्यस्योरुणि संस्थितः ।
इतरस्मिंस्तथा चोरुं वीरासनमुदीरितम् ॥4॥

एक जाँघ को एक पैर से तथा दूसरी जाँघ को दूसरे पैर से जोड़कर जब बैठा जाता है, तब वह 'वीरासन' कहा जाता है।

दक्षिणं सव्यगुल्फेन दक्षिणेन तथेतरम् ।
हस्तौ च जान्वोः संस्थाप्य स्वाङ्गुलीश्च प्रसार्य च ॥5॥
व्यक्तवक्त्रो निरीक्षेत नासाग्रं सुसमाहितः ।
सिंहासनं भवेदेतत् पूजितं योगिभिः सदा ॥6॥

दाहिने गुल्फ (टखने) के साथ बाँया गुल्फ (टखना) और बाँये गुल्फ के साथ दाहिना गुल्फ जोड़कर दोनों हाथों को दोनों घुटनों पर रखना चाहिए और अपनी अँगुलियाँ फैलाकर रखनी चाहिए। फिर अच्छी तरह से एकाग्र होकर प्रसन्नमुख से नासाग्र भाग पर दृष्टि स्थिर करे, तब 'सिंहासन' नामक आसन होता है। यह योगियों से सदा पूजित है।

योनिं वामेन संपीड्य मेढ्रादुपरि दक्षिणम् ।
भ्रूमध्ये च मनोलक्ष्यं सिद्धासनमिदं भवेत् ॥7॥

गुद प्रदेश को बाएँ पैर से दबाकर दाहिना पैर लिंग के ऊपर रखे और बाद में दोनों भौहों पर लक्ष्य करे। यह 'सिद्धासन' होता है।

गुल्फौ तु वृषणस्याधः सीवन्याः पार्श्वयोः क्षिपेत् ।
पादपार्श्वे तु पाणिभ्यां दृढं बद्ध्वा सुनिश्चलम् ।
भद्रासनं भवेदेतत् सर्वव्याधिविषापहम् ॥8॥

वृषण के नीचे सीवनी (लिंगमणि के नीचे के सूत्र) के दोनों ओर दोनों टखनों को स्थिर करके दोनों हाथों से पैरों के दोनों पार्श्वों को जोर से पकड़कर निश्चलतापूर्वक बैठने से 'भद्रासन' होता है। यह आसन सभी प्रकार के रोगों और विषों को दूर करने वाला है।

संपीड्य सीविनीं सूक्ष्मां गुल्फेनैव तु सव्यतः ।
सव्यं दक्षिणगुल्फेन मुक्तासनमुदीरितम् ॥9॥

सूक्ष्म सीवनी (लिंगमणि के नीचे के मूल) को बायें टखने से दबाकर तथा दाहिने टखने से बायें टखने को दबाकर बैठने से जो आसन होता है, उसे 'मुक्तासन' कहा गया है।

अवष्टभ्य धरां सम्यक् तलाभ्यां तु करद्वयोः ।
हस्तयोः कूर्परौ चापि स्थापयेन्नाभिपार्श्वयोः ॥10॥
समुन्नतशिरःपादो दण्डवद्व्योम्नि संस्थितः ।
मयूरासनमेतत्तु सर्वपापप्रणाशनम् ॥11॥

दोनों करतलों को धरती पर अच्छी तरह से लगाकर दोनों हाथों की कोहनियों को नाभि के दोनों पार्श्वों पर स्थापित किया जाए। बाद में मस्तक और पैर ऊँचे ले जाकर आकाश में लाठी की तरह अवस्थित रहा जाए तो उसे 'मयूरासन' कहा जाता है। वह आसन सभी पापों का नाशक है।

शरीरान्तर्गताः सर्वे रोगा विनश्यन्ति । विषाणि जीर्यन्ते ॥12॥
येन केनासनेन सुखधारणं भवत्यशक्तस्तत्समाचरेत् ॥13॥
येनासनं विजितं जगत्त्रयं तेन विजितं भवति ॥14॥
यमनियमाभ्यां संयुक्तः पुरुषः प्राणायामं चरेत् । तेन नाडयः शुद्धा भवन्ति ॥15॥

इति तृतीयः खण्डः ।

इन आसनों से शरीर के भीतर स्थित सभी रोग नष्ट हो जाते हैं और जहर भी पच जाता है। यदि कोई इन सभी आसनों को करने में अशक्त हो तो उसको जिस किसी भी आसन से धारणा हो सकती हो, उसी का अभ्यास करना चाहिए। जिसने आसन जीता है, उसने तीनों लोक जीत लिए हैं, ऐसा समझना चाहिए। यम-नियमों से अच्छी तरह से सज्ज होने के बाद मनुष्य (साधक) को प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। उससे नाड़ियाँ शुद्ध होती हैं।

यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।

❋

चतुर्थः खण्डः

अथ हैनमथर्वाणं शाण्डिल्यः पप्रच्छ केनोपायेन नाड्यः शुद्धाः स्युः ।
नाडयः कतिसंख्याकाः तासामुत्पत्तिः कीदृशी । तासु कति वायव-

स्तिष्ठन्ति। तेषां कानि स्थानानि। तत्कर्माणि कानि। देहे यानि यानि विज्ञातव्यानि तत्सर्वं मे ब्रूहीति ॥1॥

इसके बाद शाण्डिल्य ने अथर्वा से पूछा—"ये नाड़ियाँ किस उपाय से शुद्ध होती हैं ? नाड़ियों की संख्या कितनी हैं ? नाड़ियों की उत्पत्ति किस तरह हुई ? उनमें कितने वायु रहते हैं ? उनके स्थान कौन-कौन से हैं ? उनके कार्य कौन-कौन से हैं ? इस शरीर में जो कुछ भी जानने लायक हैं, यह सब आप मुझे कहिए।"

स होवाचाथर्वा। अथेदं शरीरं षण्णवत्यङ्गुलात्मकं भवति। शरीरात् प्राणो द्वादशाङ्गुलाधिको भवति ॥2॥
शरीरस्थं प्राणमग्निना सह योगाभ्यासेन समं न्यूनं वा यः करोति स योगिपुङ्गवो भवति ॥3॥
देहमध्ये शिखिस्थानं त्रिकोणं तप्तजाम्बूनदप्रभं मनुष्याणाम्। चतुष्पदां चतुरस्त्रम्। विहगानां वृत्ताकारम्। तन्मध्ये शुभा तन्वी पावकी शिखा तिष्ठति ॥4॥

तब अथर्वा ने कहा—"यह शरीर छियानबे अंगुलों के प्रमाणवाला है। शरीर की अपेक्षा प्राणवायु बारह अंगुल अधिक प्रमाणवाला है। शरीरस्थ प्राण को योगाभ्यास के द्वारा जो मनुष्य अग्नि के साथ सम स्थिति वाला या उससे न्यून (शरीर के समान या उससे कम) कर सकता है, वह उत्तम योगी होता है। मनुष्य के शरीर में अग्नि का स्थान तीन कोनों वाला और तपाए गए सुवर्ण जैसी कान्तिवाला है। चार पैर वाले प्राणियों के शरीर में अग्नि चार कोनों वाला होता है। पक्षियों में वह गोलाकार होता है। उस अग्निस्थान में एक पतली और उत्तम अग्निशिखा अवस्थित है।

गुदाद् द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं मेढ्राद् द्व्यङ्गुलादधो देहमध्यं मनुष्याणां भवति। चतुष्पदां हृन्मध्यम्। विहगानां तुन्दमध्यम्। देहमध्यं नवाङ्गुलं चतुरङ्गुलमुत्सेधायतमण्डाकृति ॥5॥
तन्मध्ये नाभिः। तत्र द्वादशारयुतं चक्रम्। तच्चक्रमध्ये पुण्यपाप-प्रचोदितो जीवो भ्रमति ॥6॥
तन्तुपञ्जरमध्यस्थलूतिका यथा भ्रमति तथा चासौ तत्र प्राणश्चरति। देहेऽस्मिन् जीवः प्राणारूढो भवेत् ॥7॥

गुदा से दो अंगुल ऊँचे और लिंग से दो अंगुल नीचे मनुष्य के शरीर का मध्य भाग होता है। चार पैरों वाले पशुओं के लिए शरीर का मध्यभाग हृदय होता है और पक्षियों के लिए शरीर का मध्यभाग पेट होता है। शरीर का वह मध्यभाग नव अंगुल ऊँचा और चार अंगुल विस्तारवाला होता है। उसकी आकृति अण्डे जैसी होती है। उसके बीच में नाभि होती है। उसमें बारह अरों वाला एक चक्र होता है। इस चक्र के बीच पुण्य और पाप से प्रेरित होकर अपनी ही तंतुजाल में घूमती मकड़ी की तरह जीव भ्रमण करता रहता है। इसी प्रकार यह प्राण भी वहीं घूमा करता है। इस शरीर में जीव प्राण पर आरूढ़ हुआ है।

नाभेस्तिर्यगधोर्ध्वं कुण्डलिनीस्थानम्। अष्टप्रकृतिरूपाष्टधा कुण्डली-कृता कुण्डलिनी शक्तिर्भवति। यथावद्वायुसंचारं जलान्नादीनि परितः

स्कन्धपार्श्वेषु निरुध्यैनं मुखेनैष समावेष्ट्य ब्रह्मरन्ध्रं योगकालेऽपाने-नाग्निना च स्फुरति। हृदयाकाशे महोज्ज्वला ज्ञानरूपा भवति ॥8॥

नाभि के नजदीक नीचे और ऊपर के भाग में कुण्डलिनी का स्थान है। वह कुण्डलिनी आठ प्रकार की प्रकृति से युक्त है और आठ आवृतियों युक्त होकर वहाँ अवस्थित है। योग की स्थिति में यह कुण्डलिनी शक्ति वायु-संचार को व्यवस्थित करके और अन्न-जलादि को चारों ओर से कन्धों के पार्श्वभाग में स्थिर करके उसे पुनः मुँह से लेकर अपान और अग्नि के द्वारा ब्रह्मरन्ध्र तक जाग्रत् होती है। हृदयाकाश में वह महा उज्ज्वल और ज्ञानरूप हो जाती है।

मध्यस्थकुण्डलिनीमाश्रित्य मुख्या नाड्यश्चतुर्दश भवन्ति। इडा पिङ्गला सुषुम्ना सरस्वती वारुणा पूषा हस्तिजिह्वा यशस्विनी विश्वोदरी कुहूः शङ्खिनी पयस्विनी अलम्बुसा गान्धारीति नाड्यश्चतुर्दश भवन्ति ॥9॥
तत्र सुषुम्ना विश्वधारिणी मोक्षमार्गेति चाचक्षते। गुदस्य पृष्ठभागे वीणादण्डाश्रिता मूर्धपर्यन्तं ब्रह्मरन्ध्रे विज्ञेया व्यक्ता सूक्ष्मा वैष्णवी भवति ॥10॥

मध्य में अवस्थित उस कुण्डलिनी का आश्रय करके चौदह मुख्य नाड़ियाँ अवस्थित हैं। इडा, पिंगला, सुषुम्ना, सरस्वती, वारुणी, पूषा, हस्तिजिह्वा, यशस्विनी, विश्वोदरी, कुहू, शंखिनी, पयस्विनी, अलम्बुसा और गान्धारी—ये उन चौदह नाड़ियों के नाम हैं। उनमें सुषुम्ना विश्व को धारण करने वाली और मोक्ष की मार्गरूप है, ऐसा योगी लोग कहते हैं। गुदा के पीछे के भाग में वीणा के दण्ड की तरह वह लम्बवत् स्थित है और वह वहाँ से सीधे मस्तक में ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँती है, ऐसा जानना चाहिए। वह स्पष्ट, सूक्ष्म और वैष्णवी है।

सुषुम्नायाः सव्यभागे इडा तिष्ठति। दक्षिणभागे पिङ्गला। इडायां चन्द्रश्चरति। पिङ्गलायां रविः। तमोरूपश्चन्द्रः। रजोरूपो रविः। विषभागो रविः। अमृतभागश्चन्द्रमाः। तावेव सर्वकालं धत्तः। सुषुम्ना कालभोक्त्री भवति। सुषुम्नापृष्ठपार्श्वयोः सरस्वतीकुहू भवतः यशस्विनीकुहूमध्ये वारुणी प्रतिष्ठिता भवति। पूषासरस्वतीमध्ये पयस्विनी भवति। गान्धारीसरस्वतीमध्ये यशस्विनी भवति। कन्दमध्येऽलम्बुसा भवति। सुषुम्नापूर्वभागे मेढ्रान्तं कुहूर्भवति। कुण्डलिन्या अधश्चोर्ध्वं वारुणी सर्वगामिनी भवति। यशस्विनी सौम्या च पादाङ्गुष्ठान्तमिष्यते। पिङ्गला चोर्ध्वगा याम्यनासान्तं भवति। पिङ्गलायाः पृष्ठतो याम्यनेत्रान्तं पूषा भवति। याम्यकर्णान्तं यशस्विनी भवति। जिह्वया ऊर्ध्वान्तें सरस्वती भवति। आसव्यकर्णान्तमूर्ध्वगा शङ्खिनी भवति। इडापृष्ठ-भागात् सव्यनेत्रान्तगा गान्धारी भवति। पायुमूलादधोर्ध्वगाऽलम्बुसा भवति। एतासु चतुर्दशषु नाडीष्वन्या नाड्यः सम्भवन्ति। तास्वन्या-स्तास्वन्या भवन्तीति विज्ञेयाः। यथाश्वत्थादिपत्रं सिराभिर्व्याप्तमेवं शरीरं नाडीभिर्व्याप्तम् ॥11॥

इस सुषुम्ना की बाँयीं ओर इडा नाड़ी है और दाहिनी ओर पिंगला नाड़ी है। इडा में चन्द्र चलता है और पिंगला में सूर्य चलता है। चन्द्र तमोगुणी रूप वाला है और सूर्य रजोगुणस्वरूप है। चन्द्र अमृत

का भाग है और सूर्य विष का भाग है। वे दोनों ही सभी कालों को धारण करते हैं। सुषुम्ना काल को भोगने वाली है। सुषुम्ना के पीठ के भाग की ओर सरस्वती नाड़ी है और उसके नजदीक के भाग में कुहू नाड़ी स्थित है। यशस्विनी और कुहू के बीच में वारुणी नाड़ी स्थित है। पूषा और सरस्वती के बीच पयस्विनी नाड़ी है। गान्धारी और सरस्वती के बीच यशस्विनी है। कन्द के बीच में अलम्बुसा नाड़ी है। सुषुम्ना के पूर्व भाग में लिंग तक की कुहू नाड़ी है। कुण्डलिनी के नीचे और ऊपर–सभी ओर गमन करने वाली नाड़ी वारुणी है। यशस्विनी और सौम्या पैरों के अंगुष्ठों तक पहुँची हुई हैं। पिंगला ऊपर जाने वाली है, अत: यह बाँयें नाक तक पहुँची है। पिंगला के पीछे बाँयीं आँख तक पूषा नाड़ी है। बाँयें कान तक यशस्विनी है। जीभ के ऊपर के भाग तक सरस्वती है। ऊपर बाँयें कान तक पहुँची हुई नाड़ी शंखिनी है। इडा के पीठ के भाग से लेकर बाँयें नेत्र तक गई हुई नाड़ी गान्धारी है। गुदा के मूल से ऊपर-नीचे गई हुई अलम्बुसा नाड़ी है। इन चौदह नाड़ियों में अन्य भी कई नाड़ियाँ हैं। उनमें भी अन्य और उनमें भी अन्य—ऐसी अनेकानेक नाड़ियाँ आई हैं। जिस तरह पिप्पल आदि का पत्ता रेशों से भरा-पूरा होता है उसी तरह शरीर भी नाड़ियों से व्याप्त है।

प्राणापानसामानोदानव्याना नागकूर्मकृकरदेवदत्तधनञ्जया एते दश वायवः सर्वासु नाडीषु चरन्ति ॥12॥

आस्यनासिकाकण्ठनाभिपादाङ्गुष्ठद्वयकुण्डल्यधश्चोर्ध्वभागेषु प्राणः संचरति। श्रोत्राक्षिकटिगुल्फघ्राणगलस्फिग्देशेषु व्यानः संचरति। गुद-मेढ्रोरुजानूदरवृषणकटिजङ्घानाभिगुदाग्न्यगारेष्वपानः संचरति। सर्व-संधिस्थ उदानः। पादहस्तयोरपि सर्वगात्रेषु सर्वव्यापी समानः। भुक्तान्नरसादिकं गात्रेऽग्निना सह व्यापयन् द्विसप्ततिसहस्रेषु नाडीमार्गेषु चरन् समानवायुरग्निना सह साङ्गोपाङ्गकलेवरं व्याप्नोति। नागादिवायवः पञ्च त्वगस्थ्यादिसंभवाः। तुन्दस्थं जलमन्नं च रसादिषु समीरितं—तुन्दमध्यगतः प्राणस्तानि पृथक्कुर्यात्। अग्नेरुपरि जलं स्थाप्य जलोपर्यन्नादीनि संस्थाप्य स्वयमपानं सम्प्राप्य तेनैव सह मारुतः प्रयाति देहमध्यगतं ज्वलनम्। वायुना पालितो वह्निरपानेन शनैर्देहमध्ये ज्वलति। ज्वलनो ज्वालाभिः प्राणेन कोष्ठमध्यगतं जलमत्युष्णमकरोत्। जलोपरि समर्पितं व्यञ्जनसंयुक्तमन्नं वह्निसंयुक्तवारिणा पक्वमकरोत्। तेन स्वेदमूत्रजलरक्तवीर्यरूपरसपुरीषादिकं प्राणः पृथक्कुर्यात्। समान-वायुना सह सर्वासु नाडीषु रसं व्यापयन् श्वासरूपेण देहे वायुश्चरति। नवभिर्व्योमरन्ध्रैः शरीरस्य वायवः कुर्वन्ति विण्मूत्रादिविसर्जनम्। निश्वासोच्छ्वासकासश्च प्राणकर्मोच्यते। विण्मूत्रादिविसर्जनमपानवायु-कर्म। हानोपादानचेष्टादि व्यानकर्म। देहस्योन्नयनादिकमुदानकर्म। शरीरपोषणादिकं समानकर्म। उद्गारादि नागकर्म। निमीलनादि कूर्म-कर्म। क्षुत्करणं कृकरकर्म। तन्द्रा देवदत्तकर्म। श्लेष्मादि धनञ्जय-कर्म ॥13॥

प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय—ये दश वायु सभी नाड़ियों में भ्रमण करते हैं। मुँह, नाक, गला, नाभि, पैर के दोनों अंगूठों और कुण्डलिनी के

ऊपर-नीचे के भागों में प्राणवायु घूमता है। कान, आँख, कमर, गुल्फ (टखनों), गले और नितम्ब के प्रदेश में व्यानवायु घूमता है। लिंग, जाँघ, घुटने, उदर, वृषण, कटि, ऊरु, नाभि, गुदा और अग्नि आदि के प्रदेशों में अपानवायु घूमता है। सभी संधिस्थानों में उदान रहता है और समानवायु अन्य सर्व अवयवों में व्याप्त होकर रहता है। खाए हुए अन्नादि के रस आदि को शरीर की अग्नि के साथ व्याप्त करने वाला यह समानवायु बहत्तर हजार नाड़ियों के बीच घूमा करता है (उनके मार्ग में भ्रमण करता रहता है) और अग्नि के साथ शरीर में सांगोपांग व्याप्त रहता है। नाग आदि अन्य पाँच वायु त्वचा और हड्डियों आदि में रहते हैं। उदर में स्थित अन्न और जल को रसादि के रूप में ले जाकर सबको पृथक्-पृथक् कर देने का कार्य उसमें स्थित प्राणवायु करता है। आग के ऊपर जल रखकर तथा उस जल के ऊपर अन्न रखकर स्वयं अपान के पास पहुँचकर वह वायुतत्त्व उसी अपान के साथ देहस्थ अग्नि की ओर जाता है। अपानवायु द्वारा रक्षित वह अग्नि देह के मध्य में शनै:-शनै: प्रज्वलित रहता है। वह अग्नि अपनी ज्वालाओं तथा प्राणवायु से कोष्ठ में अवस्थित जल को बहुत गर्म कर देता है। और उस जल के ऊपर रखे गए शाक-दाल सहित अन्न को प्राणवायु अग्नियुक्त जल के द्वारा पकाता (पचाता) है तथा उसी में से पसीना, मूत्र, रक्त, वीर्यादि रस और विष्टा (मल) आदि को अलग-अलग कर देता है। और भी, समानवायु के साथ रस को सभी नाड़ियों में फैलाता हुआ यह प्राणवायु श्वास के रूप में शरीर में घूमा करता है। शरीर के नौ आकाश (छिद्र) व्योमरन्ध्र हैं! उनके द्वारा ये वायु विष्टा-मूत्र आदि को बाहर निकालते हैं। श्वासोच्छ्वास और खाँसी प्राणवायु का कर्म कहा गया है। विष्टा-मूत्रादि को बाहर निकालना अपानवायु का कार्य कहा गया है। ग्रहण-त्याग आदि की चेष्टा व्यान वायु का कार्य है, शरीर को ऊँचे उठाना उदान का कार्य है। शरीर को पोषण देना आदि कार्य समान का है। डकार आदि का कार्य नाग का है, आँख की पलक आदि का कार्य कूर्म का है। भूख-प्यासादि कर्म कृकर का है, आलस्यादि देवदत्त का कार्य है और कफ आदि उत्पन्न करना धनंजय वायु का कार्य कहा गया है।

एवं नाडीस्थानं वायुस्थानं तत्कर्म च सम्यज्ज्ञात्वा नाडीसंशोधनं कुर्यात् ॥14॥

इति चतुर्थः खण्डः।

इस प्रकार नाड़ी-संस्थान, वायु-संस्थान और उन सभी के कर्मों को अच्छी तरह से जान-समझकर नाड़ी को शुद्ध करना चाहिए।

यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ।

❋

पञ्चमः खण्डः

यमनियमयुतः पुरुषः सर्वसङ्गविवर्जितः कृतविद्यः सत्यधर्मरतो जित-क्रोधो गुरुशुश्रूषानिरतः पितृमातृविधेयः स्वाश्रमोक्तसदाचारविद्वच्छि-क्षितः फलमूलोदकान्वितं तपोवनं प्राप्य रम्यदेशे ब्रह्मघोषसमन्विते स्वधर्मनिरतब्रह्मवित्समावृते फलमूलपुष्पवारिभिः सुसंपूर्णे देवायतने नदीतीरे ग्रामे नगरे वापि सुशोभनमठं नात्युच्चनीचायतमल्पद्वारं गोमयादिलिप्तं सर्वरक्षासमन्वितं कृत्वा तत्र वेदान्तश्रवणं कुर्वन् योगं समारभेत् ॥1॥

इस विद्या का अध्ययन करके साधना करने वाले पुरुष को यम-नियमादि से युक्त होकर, सर्वप्रकार के संग का त्याग करके सत्यधर्म में प्रवृत्त होना चाहिए। उसे क्रोध को जीतना चाहिए, गुरु-सेवा-परायण होना चाहिए, माता-पिता का आज्ञाकारी होना चाहिए और अपने आश्रमानुकूल सदाचार को जानने वाले के पास से शिक्षण प्राप्त करके, फल-मूल-जलयुक्त प्रदेश में जाना चाहिए। वहाँ किसी देवस्थान में या किसी नदी के तीर पर जाकर गाँव या नगर के पास अच्छा मठ बनाना चाहिए। वह मठ न बहुत ऊँचा और न बहुत नीचा होना चाहिए। वह बहुत लम्बा भी नहीं और बहुत ही चौड़ा भी नहीं होना चाहिए। वह कम दरवाजों वाला और गोबर आदि से लेपा हुआ होना चाहिए। वह संपूर्णतया सुरक्षित होना चाहिए। उसमें वेदान्त का श्रवण करते हुए पुरुष को योग का अभ्यास शुरू करना चाहिए।

आदौ विनायकं सम्पूज्य स्वेष्टदेवतां नत्वा पूर्वोक्तासने स्थित्वा प्राङ्मुख उदङ्मुखो वापि मृद्वासनेषु जितासनगतो विद्वान् समग्रीवशिरोनासाग्र-दृग्भ्रूमध्ये शशभृद्बिम्बं पश्यन् नेत्राभ्याममृतं पिबेत्। द्वादशमात्रया इडया वायुमापूर्योदरे स्थितं ज्वालावलीयुतं रेफबिन्दुयुक्तमग्निमण्डलयुतं ध्यायेद्रेचयेत् पिङ्गलया। पुनः पिङ्गलयापूर्य कुम्भित्वा रेचयेदिडया ॥2॥

पहले गणपति की पूजा करके फिर अपने इष्टदेव को नमस्कार करके पूर्वोक्त आसन पर बैठना चाहिए। उस समय पूर्व या उत्तर की ओर मुँह रखना चाहिए और उस कोमल आसन पर बैठकर आसन का जय (स्थिर) करना चाहिए। बाद में उस विद्वान् पुरुष को अपनी गरदन और मस्तक को सीधा रखकर नाक के अग्र भाग में दृष्टि स्थिर करके दोनों भौंहों के बीच में चन्द्रमण्डल देखना चाहिए एवं दोनों नेत्रों से अमृत का पान करना चाहिए। बाद में बारह मात्राओं से इडा नाड़ी द्वारा वायु को आपूरित (खींच) कर उसको उदर के भीतर रहने वाले ज्वालायुक्त, रेफयुक्त और बिन्दुयुक्त अग्निमण्डल के साथ संलग्न रूप से ध्यान करना चाहिए। (अर्थात् जोड़ने का चिन्तन करना चाहिए) और बाद में पिंगला नाड़ी द्वारा उस वायु को बाहर निकालना चाहिए और पिंगला से वायु भरकर कुंभक करके इडा नाड़ी से बाहर निकालना चाहिए।

त्रिचतुस्त्रिचतुः सप्तत्रिचतुर्मासपर्यन्तं त्रिसन्धिषु तदन्तरालेषु च षट्कृत्व आचरेन्नाडीशुद्धिर्भवति ॥3॥
ततः शरीरे लघुदीप्तिवह्निवृद्धिनादाभिव्यक्तिर्भवति ॥4॥

इति पञ्चमः खण्डः।

इस प्रकार सात, तीन या चार महीनों तक, तीन-चार बार प्रतिदिन तीनों सन्ध्याओं के समय और उनके बीच कुल छः बार अभ्यास करना चाहिए। इससे नाड़ी की शुद्धि होती है। इसके फलस्वरूप शरीर में लाघव, कान्ति, अग्नि की वृद्धि और नाद श्रवण हो जाता है।

यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।

❋

षष्ठः खण्डः

प्राणापानसमायोगः प्राणायामो भवति। रेचकपूरककुम्भकभेदेन स त्रिविधः ॥1॥

ते वर्णात्मकाः। तस्मात् प्रणव एव प्राणायामः ॥2॥

प्राण और अपान को इकट्ठा कर देना प्राणायाम है। वह प्राणायाम रेचक, कुंभक और पूरक के भेद से तीन प्रकार का है। वे वर्णात्मक हैं (अर्थात् ॐकार के अ-उ-म तीन वर्ण इन तीन भेदों के स्वरूप हैं) इसलिए प्रणव ही प्राणायाम है।

पद्माद्यासनस्थः पुमान्नासाग्रे शशभृद्बिम्बज्योत्स्नाजालवितानिताकारमूर्ती रक्ताङ्गी हंसवाहिनी दण्डहस्ता बाला गायत्री भवति। उकारमूर्तिः श्वेताङ्गी तार्क्यवाहिनी युवती चक्रहस्ता सावित्री भवति। मकारमूर्तिः कृष्णाङ्गी वृषभवाहिनी वृद्धा त्रिशूलधारिणी सरस्वती भवतीति (ध्यायेत्) ॥3॥
अकारादित्रयाणां सर्वकारणमेकाक्षरं परंज्योतिः प्रणवं भवतीति (ध्यायेत्) ॥4॥

पद्मासन आदि किसी भी आसन पर बैठकर पुरुष को ध्यान करना चाहिए—नासिका के अग्र भाग पर चन्द्रमण्डल की ज्योत्स्ना से आवृत, लाल रंगवाली, हंस पर बैठी हुई, हाथ में दण्ड धारण किए हुए, बालास्वरूप 'अ'कारमूर्ति जो है, वह 'गायत्री' है। जो 'उ'कारमूर्ति 'सावित्री' है, वह धवलवर्णा है। वह गरुड़ पर बैठी हुई युवती, हाथ में चक्र धारण किए हुए रहती है। और जो 'म'कारमूर्ति 'सरस्वती' है वह श्यामवर्णा, बैल पर बैठी हुई वृद्धावस्था को प्राप्त और हाथ में त्रिशूल लिए हुए है। इस प्रकार 'अ'कार आदि तीन वर्णों का प्रणव बनता है। वह सबका कारण है, वह परम ज्योति है (ऐसा ध्यान करे)।

इडया बाह्याद्वायुमापूर्य षोडशमात्राभिरकारं चिन्तयन् पूरितं वायुं चतुः-षष्टिमात्राभिः कुम्भयित्वोकारं ध्यायन् पूरितं पिङ्गलया द्वात्रिंशन्मात्रया मकारमूर्तिध्यानेनैवं क्रमेण पुनः पुनः कुर्यात् ॥5॥

इति षष्ठः खण्डः।

बाद में इडा नाड़ी द्वारा बाहर का वायु सोलह मात्राओं से खींचना चाहिए (पूरक करना चाहिए)। उस समय 'अ'कार का चिन्तन करना चाहिए। बाद में उस पूरित वायु का चौंसठ मात्राओं से कुंभक करना चाहिए। उस समय 'उ'कार का चिन्तन करना चाहिए। और उसके बाद पिंगला नाड़ी द्वारा बत्तीस मात्राओं से पूरित वायु का रेचक करके उसे बाहर निकालना चाहिए। उस समय 'म'कारमूर्ति का ध्यान करना चाहिए। इस तरह बार-बार करते रहना चाहिए।

यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।

❋

सप्तमः खण्डः

अथासनदृढो योगी वशी मितहिताशनः सुषुम्नानाडीस्थमलशोषार्थं योगी बद्धपद्मासनो वायुं चन्द्रेणापूर्य यथाशक्ति कुम्भयित्वा सूर्येण रेचयित्वा पुनः सूर्येणापूर्य कुम्भयित्वा चन्द्रेण विरेच्य यया त्यजेत् तया सम्पूर्य धारयेत्। तदेते श्लोका भवन्ति—

फिर जब आसन दृढ़ हो जाए, तब योगी को जितेन्द्रिय होकर प्रमाणपुरःसर हितकारी आहार लेते हुए सुषुम्ना नाड़ी में स्थित मल को सुखाने (शुष्क करने) के लिए योगसाधन करना चाहिए। उस

समय, पद्मासन में बैठकर चन्द्रनाड़ी से वायु को भीतर खींचकर अर्थात् पूरक करके यथाशक्ति कुम्भक करके दूसरी पिंगला नाड़ी से रेचक करना चाहिए। फिर पिंगला से पूरक करके इडा से रेचक करना चाहिए। अर्थात् जिस नाड़ी से रेचक करे, उसी नाड़ी से फिर पूरक करके तब कुंभक करना चाहिए)। इस विषय में ये श्लोक हैं—

प्राणं प्रागिडया पिबेन्नियमितं भूयोऽन्यया रेचयेत्
पीत्वा पिङ्गलया समीरणमथो बद्ध्वा त्यजेद्वामया।
सूर्याचन्द्रमसोरनेन विधिनाभ्यासं सदा तन्वतां
शुद्धा नाडिगणा भवन्ति यमिनां मासत्रयादूर्ध्वतः ॥1॥

पहले इडा नाड़ी से प्राण को भीतर खींचकर (पूरक करके) कुंभक करना चाहिए और दूसरी पिंगला से रेचक करना चाहिए। इस विधि से सूर्यचन्द्र की नाड़ी के द्वारा प्राणायाम का नित्य अभ्यास करने वाले योगियों की सभी नाड़ियाँ तीन महीनों के भीतर शुद्ध हो जाती हैं।

प्रातर्मध्यन्दिने सायमर्धरात्रे तु कुम्भकान्।
शनैरशीतिपर्यन्तं चतुर्वारं समभ्यसेत् ॥2॥
कनीयसि भवेत् स्वेदः कम्पो भवति मध्यमे।
उत्तिष्ठत्युत्तमे प्राणरोधे पद्मासनं भवेत् ॥3॥
जलेन श्रमजातेन गात्रमर्दनमाचरेत्।
दृढता लघुता चापि तस्य गात्रस्य जायते ॥4॥
अभ्यासकाले प्रथमं शस्तं क्षीराज्यभोजनम्।
ततोऽभ्यासे स्थिरीभूते न तावन्नियमग्रहः ॥5॥

प्रातःकाल, मध्याह्नकाल और सन्ध्याकाल तथा मध्यरात्रि—इस प्रकार चार बार धीरे-धीरे अस्सी मात्राओं तक कुंभकों का अभ्यास करना चाहिए। हल्के प्राणायाम में पसीना होता है, मध्यम प्राणायाम में कम्पन होता है और उत्तम प्राणायाम में पद्मासन में अवस्थित योगी आसन से उठ जाता है। प्राणायाम के समय परिश्रम के कारण जो पसीना छूटता है उससे शरीर का मर्दन करना चाहिए, क्योंकि उससे अभ्यासी का शरीर मजबूत एवं हल्का हो जाता है। अभ्यास के समय में आरम्भ में दूध-घी वाला भोजन प्रशंसनीय माना गया है। फिर अभ्यास के स्थिर हो जाने पर किसी नियम की कोई आवश्यकता नहीं है।

यथा सिंहो गजो व्याघ्रो भवेद्वश्यः शनैः शनैः।
तथैव सेवितो वायुरन्यथा हन्ति साधकम् ॥6॥
युक्तंयुक्तं त्यजेद्वायुं युक्तंयुक्तं च पूरयेत्।
युक्तंयुक्तं च बध्नीयादेवं सिद्धिमवाप्नुयात् ॥7॥
श्रेष्ठधारणं वायोरनलस्य प्रदीपनम्।
नादाभिव्यक्तिरारोग्यं जायते नाडिशोधनात् ॥8॥
विधिवत् प्राणसंयामैर्नाडीचक्रे विशोधिते।
सुषुम्नावदनं भित्त्वा सुखाद्विशति मारुतः ॥9॥

जैसे सिंह, हाथी और बाघ आदि धीरे-धीरे ही वश में आते हैं, वैसे ही वायु का भी धीरे-धीरे ही सेवन किया जाता है, तभी वह वशँ में आ सकता है। लेकिन विपरीत नियम से अर्थात् उतावली या विधिक्षति करने पर वही वायु साधक का नाश कर देता है। इसलिए जैसे ठीक बनता हो वैसे ही रेचक करना चाहिए, जैसे ठीक लगता हो वैसे ही पूरक करना चाहिए और जैसा ठीक लगे वैसे ही कुंभक करना चाहिए। ऐसा करने से ही सिद्धि प्राप्त होती है। यथाशक्ति वायु का कुंभक करने से अग्नि प्रज्वलित होती है और नाड़ियाँ शुद्ध हो जाने से नादश्रवण तथा आरोग्य प्राप्त होता है। विधिपुरःसर प्राणायाम करने से नाड़ियों का समूह शुद्ध हो जाता है। ऐसा होने पर सुषुम्णा के मुख का भेदन करके वायु सुखपूर्वक (अनायास ही) उसमें प्रवेश करता है।

मारुते मध्यसंचारे मनःस्थैर्यं प्रजायते।
यो मनःसुस्थिरो भावः सैवावस्था मनोन्मनी ॥10॥
पूरकान्ते तु कर्तव्यो बन्धो जालंधराभिधः।
कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियाणकः ॥11॥
अधस्तात्कुञ्चनेनाशु कण्ठसंकोचने कृते।
मध्ये पश्चिमतानेन स्यात् प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥12॥
अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्राणं कण्ठादधो नयन्।
योगी जराविनिर्मुक्तः षोडशो वयसा भवेत् ॥13॥

वायु जब मध्य में संचरण करता है, तब मन की स्थिरता होती है। और मन की अच्छी तरह से जो स्थिरता होती है, वही 'मनोन्मनी' अवस्था कही जाती है। पूरक के अन्त में 'जालन्धर' नाम का बन्ध करना चाहिए। और कुंभक के अन्त में तथा रेचक के प्रारंभ में 'उड्डियाणक' करना चाहिए। नीचे की ओर मूलरन्ध्र का संकोच करने से कण्ठ का संकोच होता है। और मध्यभाग को पश्चिम की ओर खींचने से प्राणवायु ब्रह्मनाड़ी में गतिशील होता है। अपानवायु को ऊर्ध्व ले जाकर और प्राणवायु को कण्ठ के नीचे ले जाकर योगी जरारहित अर्थात् सोलह साल का-सा तरुण हो जाता है।

सुखासनस्थो दक्षनाड्या बहिस्थं पवनं समाकृष्याकेशमानखाग्रं कुम्भयित्वा सव्यनाड्या रेचयेत्। तेन कपालशोधनं वातनाडीगतसर्वरोगसर्वविनाशनं भवति ॥13-1॥
हृदयादिकण्ठपर्यन्तं सस्वनं नासाभ्यां शनैः पवनमाकृष्य यथाशक्ति कुम्भयित्वा इडया विरेच्य गच्छंस्तिष्ठन् कुर्यात्। तेन श्लेष्महरं जठराग्निवर्धनं भवति ॥13-2॥

सुखासन पर बैठकर दाहिनी नाड़ी से बाहर की वायु को खींचकर, केश से लेकर नख के अग्रभाग तक उसे रोककर (कुंभक करके) बाँयीं नाड़ी से बाहर निकालना चाहिए अर्थात् रेचक करना चाहिए। ऐसा करने से कपाल की शुद्धि होती है, और वायुनाड़ियों के सभी रोग संपूर्ण रूप से नष्ट हो जाते हैं। हृदय से लेकर कण्ठ तक आवाज के साथ दोनों नासिकाओं से धीरे-धीरे वायु को खींचकर शक्ति अनुसार कुंभक करके इडा से रेचक करना चाहिए। इस प्रकार उठते-बैठते, चलते-फिरते करते रहना चाहिए। इससे कफ का नाश होता है और जठराग्नि की वृद्धि होती है।

वक्त्रेण सीत्कारपूर्वकं वायुं गृहीत्वा यथाशक्ति कुम्भयित्वा नासाभ्यां रेचयेत्। तेन क्षुत्तृष्णालस्यनिद्रा न जायते ॥13-3॥

जिह्वया वायुं गृहीत्वा यथाशक्ति कुम्भयित्वा नासाभ्यां रेचयेत्। तेन गुल्मप्लीहज्वरपित्तक्षुधादीनि नश्यन्ति ॥13-4॥

मुँह से सीत्कारपूर्वक वायु को लेकर यथाशक्ति कुम्भक करके दोनों नासिकाओं से रेचक करना चाहिए। इससे भूख, प्यास, आलस्य और नींद नहीं उत्पन्न होती। जीभ के वायु लेकर यथाशक्ति कुंभक करके दोनों नासिकाओं से रेचक करना चाहिए। इससे गोला, तिल्ली, ज्वर और भूख आदि दोष नष्ट हो जाते हैं।

अथ कुम्भकः। स द्विविधः। सहितः केवलश्चेति। रेचकपूरकयुक्तः सहितः। तद्विवर्जितः केवलः। केवलसिद्धिपर्यन्तं सहितमभ्यसेत्। केवलकुम्भके सिद्धे त्रिषु लोकेषु न तस्य दुर्लभं भवति। केवलकुम्भकात् कुण्डलिनीबोधो जायते ॥13-5॥
ततः कृशवपुः प्रसन्नवदनो निर्मललोचनोऽभिव्यक्तनादो निर्मुक्तरोगजालो जितबिन्दुः पट्वग्निर्भवति ॥13-6॥

अब कुम्भक के विषय में कहा जा रहा है; वह दो प्रकार है—एक सहित और दूसरा केवल। जो रेचक और पूरक के साथ होता है वह 'सहित' कहलाता है और जो उनसे रहित होता है, वह 'केवल' कहलाता है। इनमें जहाँ तक 'केवल' सिद्ध हो जाए, वहाँ तक 'सहित' का अभ्यास करते रहना चाहिए। जब 'केवल कुम्भक' सिद्ध हो जाता है, तब उस योगी को तीनों लोकों में कुछ भी दुर्लभ नहीं होता। केवल कुम्भक से कुण्डलिनी जाग्रत् हो जाती है। इसके बाद वह योगी पतले शरीरवाला, प्रसन्न मुखवाला, निर्मल नेत्रवाला, नाद को श्रवण करने वाला, सर्वरोगों से रहित, बिन्दु को जीतने वाला और प्रज्वलित जठराग्नि वाला हो जाता है।

अन्तर्लक्ष्यं बहिर्दृष्टिर्निमेषोन्मेषवर्जिता।
एषा सा वैष्णवी मुद्रा सर्वतन्त्रेषु गोपिता ॥14॥

जिसका लक्ष्य भीतर ही हो और जिसकी बाहर की दृष्टि निर्निमेष (पलकविहीन) हो और फलस्वरूप जिसका चित्त और वायु विलीन हो गए हों, यह वैष्णवी मुद्रा कहलाती है। सभी तंत्रशास्त्रों में उस मुद्रा को गुप्त और रहस्यमय माना गया है।

अन्तर्लक्ष्यविलीनचित्तपवनो योगी सदा वर्तते
दृष्ट्या निश्चलतारया बहिरधः पश्यन्नपश्यन्नपि।
मुद्रेयं खलु खेचरी भवति सा लक्ष्यैकताना शिवा
शून्याशून्यविवर्जितं स्फुरति सा तत्त्वं पदं वैष्णवी ॥15॥
अर्धोन्मीलितलोचनः स्थिरमना नासाग्रदत्तेक्षणश्चन्द्रार्कावपि लीनतामुपनयन्निष्यन्दभावोत्तरम्।
ज्योतीरूपमशेषबाह्यरहितं देदीप्यमानं परं
तत्त्वं तत्परमस्ति वस्तु विषयं शाण्डिल्य विद्धीह तत् ॥16॥

अन्तर्लक्ष्य होने के कारण जिसके चित्त और वायु विलीन हो गए हों, वह सदा-सर्वदा का योगी है। अचल (स्थिर) तारक वाली दृष्टि से भले ही वह बाहर और भीतर देखता हो, फिर भी वह अन्य कुछ देखता ही नहीं है। यह स्थिति 'खेचरी मुद्रा' है। वह केवल अपने लक्ष्य में ही एकतान रहता है।

इस मुद्रा को मंगलकारक वैष्णवी मुद्रा भी कहा जाता है। इसमें शून्य-अशून्य-रहित तत्त्व परमपद के रूप में प्रकाशित होता है। हे शाण्डिल्य! अधखुले नेत्रवाला, स्थिर मनवाला और नासाग्र में स्थिर दृष्टिवाला योगी निश्चलभाव को प्राप्त करने के बाद चन्द्रनाड़ी और सूर्यनाड़ी का भी विलय करा देता है। उस समय समग्र बाह्य विषयों से रहित ज्योतिरूप देदीप्यमान जो तत्त्व प्रकाशित होता है, वही परमवस्तुरूप उसका विषय होता है ऐसा आपको समझना चाहिए।

तारं ज्योतिषि संयोज्य किंचिदुन्नमयन्भ्रुवौ।
पूर्वाभ्यासस्य मार्गोऽयमुन्मनीकारकः क्षणात् ॥17॥
तस्मात् खेचरीमुद्रामभ्यसेत्। ततो उन्मनी भवति। ततो योगनिद्रा भवति। लब्धयोगनिद्रस्य योगिनः कालो नास्ति ॥17-1॥

आँख के तारक को ज्योति के साथ जोड़कर, दोनों भौंहों को कुछ ऊपर रखना—यह पहले के अभ्यास का मार्ग है। वह क्षणभर में उन्मनी अवस्था को उत्पन्न कर देता है। इसलिए इस खेचरी मुद्रा का अभ्यास करना चाहिए। इससे उन्मनी दशा प्राप्त होती है। बाद में योगनिद्रा प्राप्त होती है। योगनिद्रा-प्राप्त योगी के लिए कोई काल नहीं होता।

शक्तिमध्ये मनः कृत्वा शक्तिं मानसमध्यगाम्।
मनसा मन आलोक्य शाण्डिल्य त्वं सुखी भव ॥18॥
खमध्ये कुरु चात्मानमात्ममध्ये च खं कुरु।
सर्वं च खमयं कृत्वा न किंचिदपि चिन्तय ॥19॥

इसलिए हे शाण्डिल्य! शक्ति की मन के बीच स्थापना करके शक्ति को मन के भीतर प्रवाहित करके आप मन से ही मन को देखिए और बाद में सुखी होइए। और आकाश (चिदाकाश) के मध्य में आत्मा की स्थापना कीजिए और आत्मा के बीच चिदाकाश को रखकर, आकाश के सिवा और कुछ है ही नहीं, ऐसा चिन्तन कीजिए।

बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तिका।
सर्वचिन्तां परित्यज्य चिन्मात्रपरमो भव ॥20॥
कर्पूरमनले यद्वत् सैन्धवं सलिले यथा।
तथा च लीयमानं सन्मनस्तत्त्वे विलीयते ॥21॥
ज्ञेयं सर्वप्रतीतं च तज्ज्ञानं मन उच्यते।
ज्ञानं ज्ञेयं समं नष्टं नान्यः पन्था द्वितीयकः ॥22॥
ज्ञेयवस्तुपरित्यागे विलयं याति मानसम्।
मानसे विलयं याते कैवल्यमवशिष्यते ॥23॥

योगी को बाहर की चिन्ता नहीं करनी चाहिए, इसी प्रकार भीतर के विषय की भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार से सभी चिन्ताओं का त्याग करके केवल चैतन्यपरायण ही हो जाइए। जिस प्रकार कर्पूर अग्नि में और लवण (नमक) पानी में विलीन हो जाता है, उसी तरह योगी का मन लीन होते-होते परमतत्त्व में लीन हो जाता है। जानने योग्य सब कुछ जान लिया है, ऐसा जो ज्ञान है, वह मन है। इस प्रकार लीन होता हुआ सब कुछ मनस्तत्व में विलीन हो जाता है। सर्वप्रतीत ज्ञेय है—ऐसा ज्ञान ही मन है, क्योंकि ज्ञान और ज्ञेय का जब एक ही साथ नाश हो जाता है, तब तो अन्य कोई

मार्ग ही शेष नहीं रहता। ज्ञेय वस्तु का त्याग करने से मन का विलय होता है। और जब मन का विलय हो जाता है, तब तो मात्र कैवल्य ही शेष रह जाता है।

द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं मुनीश्वर।
योगस्तु वृत्तिरोधो हि ज्ञानं सम्यगवेक्षणम् ॥24॥
तस्मिन्निरोधिते नूनमुपशान्तं मनो भवेत्।
मनः स्पन्दोपशान्त्यायां संसारः प्रविलीयते ॥25॥
सूर्यालोकपरिस्पन्दशान्तौ व्यवहृतिर्यथा।
शास्त्रसज्जनसम्पर्कवैराग्याभ्यासयोगतः ॥26॥

हे मुनीश्वर ! चित्त का नाश करने के दो मार्ग हैं—एक योग और दूसरा ज्ञान। योग का अर्थ है चित्त की वृत्तियों का निरोध (रोकना) और ज्ञान का अर्थ है वस्तु को अच्छी तरह से परखना। जब मन को वश में किया जाता है, तब अवश्य ही वह शान्त हो जाता है, और जब मन की चंचलता शान्त हो जाती है, तब यह संसार भी नष्ट हो जाता है। जिस प्रकार सूर्य की गति शान्त हो जाने से जगत् का व्यवहार शान्त पड़ जाता है, उसी प्रकार शास्त्रों और सज्जनों के संग से वैराग्य के अभ्यास का योग होने से संसार शान्त हो जाता है।

अनास्थायां कृतास्थायां पूर्वं संसारवृत्तिषु।
यथाभिवाञ्छितध्यानाच्चिरमेकतयोहितात् ॥27॥
एकतत्त्वदृढाभ्यासात् प्राणस्पन्दो निरुध्यते।
पूरकाद्यनिलायामाद् दृढाभ्यासादखेदजात् ॥28॥
एकान्तध्यानयोगाच्च मनःस्पन्दो निरुध्यते।
ओंकारोच्चारणप्रान्तशब्दतत्त्वानुभावनात्।
सुषुप्ते संविदा ज्ञाते प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥29॥

पहले तो संसार के व्यापारों में अनास्था की जाए, बाद में लम्बे समय तक एकतानता से सोचे हुए यथेष्ट ध्यान से और एक तत्त्व के दृढ़ अभ्यास से प्राण की गति भी बन्द हो जाती है, अर्थात् प्राण भी जीता जा सकता है। और भी बिना परिश्रम के पूरक आदि वायु के दीर्घकालीन दृढ़ अभ्यास से और एकान्त में ध्यानयोग करने से मन की गति पूर्णत: बन्द हो जाती है, अर्थात् मन वश में आ जाता है। और ॐकार के उच्चारण के अन्त में शब्द तत्त्व का अनुभव करने से ज्ञान द्वारा सुषुप्ति का स्वरूप समझ में आता है। तब प्राण की गति रुक जाती है अर्थात् प्राण पर विजय प्राप्त होती है।

तालुमूलगतां यत्नाज्जिह्वयाक्रम्य घण्टिकाम्।
ऊर्ध्वरन्ध्रं गते प्राणे प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥30॥
प्राणे गलितसंवित्तौ तालूर्ध्वं द्वादशान्तगे।
अभ्यासादूर्ध्वरन्ध्रेण प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥31॥
द्वादशाङ्गुलपर्यन्ते नासाग्रे विमलाम्बरे।
संविद्दृशि प्रशाम्यन्त्यां प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥32॥
भ्रूमध्ये तारकालोकशान्तावन्तमुपागते।
चेतनैकतने बद्धे प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥33॥

तालुस्थान के मूल में अवस्थित ग्रन्थि को प्रयत्नपूर्वक जीभ से दबाकर जब प्राणवायु ऊपर के छिद्र में जाता है, तब प्राण की गति रोकी जा सकती है। तालु प्रदेश के ऊर्ध्व भाग की ओर बारह अंगुल दूर तक गमन करने वाला प्राण जब गलित (चेष्टारहित) हो जाता है, तब अभ्यास के द्वारा ऊपर के छिद्र द्वारा प्राणगति रोकी जा सकती है। नाक के आगे बारह अंगुल की दूरी पर, निर्मल आकाश में जब ज्ञानदृष्टि अत्यन्त शान्त हो जाती है, तब प्राण की गति रोकी जा सकती है। भौंहों के मध्य में तारक ब्रह्म के दर्शन से शान्ति होने पर व्यापार बन्द हो जाते हैं और मानसिक संकल्प रुक जाते हैं, तब प्राण की गति अवरुद्ध हो जाती है।

ओमित्येव यदुद्भूतं ज्ञानं ज्ञेयात्मकं शिवम्।
असंस्पृष्टविकल्पांशं प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥34॥
चिरकालं हृदेकान्तव्योमसंवेदनान्मुने।
अवासनमनोध्यानात् प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥35॥
एभिः क्रमैस्तथान्यैश्च नानासंकल्पकल्पितैः।
नानादेशिकवक्त्रस्थैः प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥36॥

केवल ओंकार (प्रणव) के स्वरूप में ही आविर्भूत जो ज्ञान, ज्ञेय और मंगलकारी बनकर जब विकल्प का अंश तक मनुष्य में (साधक में) नहीं रहता, तब प्राण की गति का निरोध होता है। हे मुनि ! जब दीर्घकाल तक हृदय में एकान्त आकाश का अनुभव होने से वासनारहित मन ध्यान करता है, तब प्राण की गति रुकती है। इस प्रकार के क्रम से और अन्य अनेक गुरुओं के उपदेशों का अनुसरण करके तरह-तरह के संकल्पों की कल्पनाओं के द्वारा प्राण की गति रुकती है अर्थात् प्राण वश में आ जाते हैं।

आकुञ्चनेन कुण्डलिन्याः कवाटमुद्घाट्य मोक्षद्वारं विभेदयेत् ॥36-1॥
येन मार्गेण गन्तव्यं तद्द्वारं मुखेनाच्छाद्य प्रसुप्ता कुण्डलिनी कुटिलाकारा सर्पवद्वेष्टिता भवति ॥36-2॥
सा शक्तिर्येन चालिता स्यात् स तु मुक्तो भवति। सा कुण्डलिनी कण्ठोर्ध्वभागे सुप्ता चेद्योगिनां मुक्तये भवति। बन्धनायाधो मूढानाम् ॥36-3॥
इडादिमार्गद्वयं विहाय सुषुम्नामार्गेणागच्छेत् तद्विष्णोः परमं पदम् ॥36-4॥

कुण्डलिनी का संकोच करके अर्थात् ऊपर की ओर खींचकर, किवाड़ खोलकर साधक को मोक्ष के द्वार का भेदन करना चाहिए (मोक्ष का द्वार खोल देना चाहिए)। गन्तव्य मार्ग का द्वार अपने मुख से ढँककर कुण्डलिनी सोई हुई है। वह टेढ़-मेढ़े आकार की और साँप की तरह लिपट कर वहाँ अवस्थित रहती है। उस कुण्डलिनी शक्ति को जो चलाता है अर्थात् जिसने उसको चालित किया है, वह मुक्त हो जाता है। वह कुण्डलिनी कण्ठ के ऊपर के भाग में यदि सो रही हो, तो वह योगियों को मुक्ति देने वाली होती है। परन्तु, वह यदि कण्ठ के नीचे के भाग में सो रही हो, तो अज्ञानियों के लिए बन्धनकारक होती है। इडा आदि के दोनों मार्गों को छोड़कर सुषुम्ना के मार्ग पर आना चाहिए। क्योंकि वही विष्णु का परमपद है।

मरुदभ्यसनं सर्वं मनोयुक्तं समभ्यसेत् ।
इतरत्र न कर्तव्या मनोवृत्तिर्मनीषिणा ॥37॥
दिवा न पूजयेद्विष्णुं रात्रौ नैव प्रपूजयेत् ।
सततं पूजयेद्विष्णुं दिवारात्रं न पूजयेत् ॥38॥

वायु का सभी तरह का अभ्यास मन के साथ ही होना चाहिए। विद्वान् को उस समय मन की वृत्तियों को अन्यत्र संयुक्त नहीं होने देना चाहिए। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि अमुक खास दिवसों में ही विष्णु को नहीं पूजना चाहिए, अथवा अमुक खास रात्रियों में ही विष्णु को नहीं पूजना चाहिए। अपितु विष्णु की पूजा तो करते ही रहना चाहिए। केवल दिन और रात को नहीं पूजना चाहिए।

सुषिरो ज्ञानजनकः पञ्चस्रोतःसमन्वितः ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा त्वं हि शाण्डिल्य तां भज ॥39॥
सव्यदक्षिणनाडीस्थो मध्ये चरति मारुतः ।
तिष्ठते खेचरी मुद्रा तस्मिन् स्थाने न संशयः ॥40॥
इडापिङ्गलयोर्मध्ये शून्यं चैवानिलं ग्रसेत् ।
तिष्ठन्ती खेचरी मुद्रा तत्र सत्यं प्रतिष्ठितम् ॥41॥
सोमसूर्यद्वयोर्मध्ये निरालम्बतले पुनः ।
संस्थिता व्योमचक्रे सा मुद्रा नाम्ना च खेचरी ॥42॥

हे शाण्डिल्य ! पाँच प्रवाहों वाला यह सुषिर—पाँच इन्द्रियोंरूपी प्रवाह वाला यह हृदयाकाश ज्ञान को उत्पन्न करने वाला है। वहाँ खेचरी मुद्रा रहती है। तुम उसका सेवन (उपासना) करो। बाँई-दाईं नाड़ियों के भीतर (उनके मध्य में) रहकर वायु भ्रमण करता रहता है। उस स्थान में खेचरी मुद्रा प्रतिष्ठित है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। इड़ा और पिंगला के बीच शून्य भाग है, और वह वायु को निगल जाता है। खेचरी मुद्रा भी वहीं रहती है और वहीं सत्य अवस्थित है। सूर्य-चन्द्र दोनों नाड़ियों के बीच एक निरवलम्ब समतल प्रदेश है, वहाँ (आकाशमण्डल में) खेचरी मुद्रा अवस्थित है।

छेदनचालनदोहैः फलां परां जिह्वां कृत्वा दृष्टिं भ्रूमध्ये स्थाप्य कपालकुहरे जिह्वा विपरीतगा यदा भवति तदा खेचरी मुद्रा जायते। जिह्वा चित्तं च खे चरति। तेनोर्ध्वजिह्वः पुमानमृतो भवति ॥42-1॥

छेदन, चालन और दोहन (दुहने की क्रिया) से जीभ को बहुत ही नुकीली बनाकर और दृष्टि को दोनों भौंहों के बीच स्थिर करके, जीभ जब उल्टी रीति से गमन (गति) करने लगती है और कपाल के छिद्र में जाती है, तब खेचरी मुद्रा सिद्ध होती है। जीभ और चित्त, ये दोनों कपाल के छिद्ररूप आकाश में घूमते हैं तब ऊर्ध्व की ओर गई हुई जीभवाला साधक अमर हो जाता है।

वामपादमूलेन योनिं संपीड्य दक्षिणपादं प्रसार्य तं कराभ्यां धृत्वा नासाभ्यां वायुमापूर्य कण्ठबन्धं समारोप्योर्ध्वतो वायुं धारयेत्। तेन सर्वक्लेशहानिः। ततः पीयूषमिव विषं जीर्यते। क्षयगुल्मगुदावर्तजीर्णत्वगादिदोषा नश्यन्ति। एष प्राणजयोपायः सर्वमृत्यूपघातकः ॥42-2॥

बाँयें पैर के मूल से मूलरन्ध्र को दबाकर और दाहिना पैर फैलाकर उसे दोनों हाथ से पकड़ने के उपरान्त दोनों नासिकाओं में वायु भरकर कण्ठबन्ध (जालन्धरबन्ध) लगाना चाहिए और फिर ऊपर उठे हुए वायु को स्थिर करना चाहिए। इस क्रिया से समस्त क्लेशों का नाश हो जाता है। ऐसा करने से विष भी अमृत की तरह पच जाता है। क्षय, गोला, गुदावर्त, अजीर्ण और चर्मरोग आदि भी इससे नष्ट हो जाते हैं। प्राण को जीतने का यह उपाय सर्वमृत्यु का नाश करने वाला है।

वामपादपार्ष्णिं योनिस्थाने नियोज्य दक्षिणचरणं वामोरूपरि संस्थाप्य वायुमापूर्य हृदये चुबुकं निधाय योनिमाकुञ्च्य मनोमध्ये यथाशक्ति धारयित्वा स्वात्मानं भावयेत्। तेनापरोक्षसिद्धिः ॥42-3॥

बाँयें पैर की एड़ी को पहले गुदास्थान में जोड़े, फिर साधक दाहिना पैर बाँयें पैर पर रखे। बाद में वायु भरकर (अन्दर खींचकर) हृदय पर चिबुक (ठुड्डी) को दबाकर रखे। फिर गुदास्थान को संकुचित करके मन के बीच यथाशक्ति धारण करके अपने आत्मा का ध्यान (चिन्तन) करे। इससे अपरोक्ष ज्ञान की सिद्धि होती है।

बाह्यात् प्राणं समाकृष्य पूरयित्वोदरे स्थितम् ।
नाभिमध्ये च नासाग्रे पादाङ्गुष्ठे च यत्नतः ॥43॥
धारयेन्मनसा प्राणं सन्ध्याकालेषु वा सदा ।
सर्वरोगविनिर्मुक्तो भवेद्योगी गतक्लमः ॥44॥

बाहर से प्राण को भीतर खींचकर उदर में प्रतिष्ठित करे फिर वहाँ से उसको नाभि के बीच, नाक के आगे और पैर के अँगूठे में मन के द्वारा प्रयत्नपूर्वक धारण करना चाहिए। सन्ध्या समय में इस प्रकार जो योगी प्रतिदिन करता रहता है, वह सब रोगों से मुक्त होकर परिश्रमरहित हो जाता है।

नासाग्रे वायुविजयं भवति। नाभिमध्ये सर्वरोगविनाशः। पादाङ्गुष्ठ-धारणाच्छरीरलघुता भवति ॥44-1॥

मन को नासाग्र में रोकने से वायु को रोका जा सकता है। नाभि के बीच रोकने से सभी रोगों का नाश होता है, पैर के अँगूठे पर धारण करने से शरीर में लाघव (हल्कापन) आ जाता है।

रसनाद्वायुमाकृष्य यः पिबेत् सततं नरः ।
श्रमदाहौ तु न स्यातां नश्यन्ति व्याधयस्तथा ॥45॥
सन्ध्ययोर्ब्राह्मणः काले वायुमाकृष्य यः पिबेत् ।
त्रिमासात् तस्य कल्याणी जायते वाक् सरस्वती ॥46॥
एवं षण्मासाभ्यासात् सर्वरोगनिवृत्तिः ।
जिह्वया वायुमानीय जिह्वामूले निरोधयेत् ।
यः पिबेदमृतं विद्वान् सकलं भद्रमश्नुते ॥47॥

जो साधक जीभ से वायु को खींचकर निरन्तर उसका पान किया करता है, उसे श्रम और दाह नहीं होते और उसके रोग भी नष्ट हो जाते हैं। जो ब्राह्मण दोनों सन्ध्याकाल में वायु को खींचकर पीता रहता है, उसकी वाणी तीन महीनों में कल्याणस्वरूपा सरस्वती हो जाती है। इसी प्रकार छः महीनों तक अभ्यास करने से सभी रोग अवरुद्ध हो जाते हैं। जो विद्वान् जीभ से वायु को लेकर उसे जीभ के मूल में रोकता है, वह अमृत पीता है और सभी प्रकार का कल्याण प्राप्त करता है।

आत्मन्यात्मानमिडया धारयित्वा ध्रुवोऽन्तरे ।
विभेद्य त्रिदशाहारं व्याधिस्थोऽपि विमुच्यते ॥48॥
नाडीभ्यां वायुमारोप्य नाभौ तुन्दस्य पार्श्वयोः ।
घटिकैकां वहेद्यस्तु व्याधिभिः स विमुच्यते ॥49॥
मासमेकं त्रिसन्ध्यं तु जिह्वयारोप्य मारुतम् ।
विभेद्य त्रिदशाहारं धारयेत्तुन्दमध्यमे ॥50॥
ज्वराः सर्वे विनश्यन्ति विषाणि विविधानि च ।
मुहूर्तमपि यो नित्यं नासाग्रे मनसा सह ।
सर्वं तरति पाप्मानं तस्य जन्मशतार्जितम् ॥51॥

इडा नाड़ी के द्वारा दोनों भौंहों के बीच, आत्मा में ही आत्मा (मन) को धारण करके मनुष्य देवों के आहार को भेदता है, और यदि रोगी हो तो रोग से मुक्त हो जाता है। दोनों नाड़ियों से वायु को नाभि में खींचकर, उदर के दोनों पार्श्वभागों में एक घड़ी समय तक जो साधक चलाता रहता है, वह रोगों से छुटकारा पा लेता है। एक महीने तक तीनों काल में जीभ से वायु को खींचकर जो उदर के मध्य भाग में अवरुद्ध करता है उसके सभी ज्वर नष्ट हो जाते हैं और विविध प्रकार के विष भी नष्ट हो जाते हैं। जो सदैव एक क्षण भी नासिका के अग्र भाग में मन के साथ वायु को रोकता है, वह सैंकड़ों जन्मों के सभी पापों को पार कर लेता है।

तारसंयमात् सकलविषयज्ञानं भवति । नासाग्रे चित्तसंयमादिन्द्रलोकज्ञानम् । तदधश्चित्तसंयमादग्निलोकज्ञानम् । चक्षुषि चित्तसंयमात् सर्वलोकज्ञानम् । श्रोत्रे चित्तस्य संयमाद्यमलोकज्ञानम् । तत्पार्श्वे संयमान्निर्ऋतिलोकज्ञानम् । पृष्ठभागे संयमाद्वरुणलोकज्ञानम् । वामकर्णे संयमाद्वायुलोकज्ञानम् । कण्ठे संयमात् सोमलोकज्ञानम् । वामचक्षुषि संयमाच्छिवलोकज्ञानम् । मूर्ध्नि संयमाद्ब्रह्मलोकज्ञानम् । पादाधोभागे संयमादतललोकज्ञानम् । पादे संयमाद्वितललोकज्ञानम् । पादसंधौ संयमान्नितललोकज्ञानम् । जङ्घे संयमात्सुतललोकज्ञानम् । जानौ संयमान्महातललोकज्ञानम् । ऊरौ चित्तस्य संयमाद्रसातललोकज्ञानम् । कटौ चित्तसंयमात्तलातललोकज्ञानम् । नाभौ चित्तसंयमाद्भूलोकज्ञानम् । कुक्षौ संयमाद्भुवर्लोकज्ञानम् । हृदि चित्तस्य संयमात् स्वर्लोकज्ञानम् । हृदयोर्ध्वभागे चित्तसंयमान्महर्लोकज्ञानम् । कण्ठे चित्तसंयमाज्जनोलोकज्ञानम् । भ्रूमध्ये चित्तसंयमात्तपोलोकज्ञानम् । मूर्ध्नि चित्तसंयमात् सत्यलोकज्ञानम् । धर्माधर्मसंयमादतीतानागतज्ञानम् । तत्तज्जन्तुध्वनौ चित्तसंयमात् सर्वजन्तुरुतज्ञानम् । संचितकर्मणि चित्तसंयमात् पूर्वजातिज्ञानम् । परचित्ते चित्तसंयमात् परचित्तज्ञानम् । कायरूपे चित्तसंयमादन्यादृश्यरूपम् । बले चित्तसंयमाद्धनुमदादिबलम् । सूर्ये चित्तसंयमाद्भुवनज्ञानम् । चन्द्रे चित्तसंयमात्तारव्यूहज्ञानम् । ध्रुवे तद्गतिदर्शनम् । स्वार्थसंयमात् पुरुषज्ञानम् । नाभिचक्रे कायव्यूहज्ञानम् । कण्ठकूपे क्षुत्पिपासानिवृत्तिः । कूर्मनाड्यां स्थैर्यम् । तारे सिद्धदर्शनम् । कायाकाशसंयमादाकाशगमनम् । तत्तत्स्थाने संयमात्तत्तत्सिद्धयो भवन्ति ॥52॥

इति सप्तमः खण्डः ।

आँख की पुतली में चित्त का संयम करने से सकल विषयों का ज्ञान हो जाता है। नाक के अग्र भाग में चित्त का संयम करने से इन्द्रलोक का ज्ञान होता है। उसके नीचे के भाग में चित्त का संयम करने से अग्निलोक का ज्ञान होता है। चक्षु में चित्त का संयम करने से सर्वलोक का ज्ञान होता है। श्रोत्र में चित्त का संयम करने से यमलोक का ज्ञान होता है। उसके पार्श्वभाग में चित्त का संयम करने से राक्षसलोक का ज्ञान होता है। पीठ के भाग में संयम करने से वरुण लोक का ज्ञान होता है। बायें कान में संयम करने से वायुलोक का ज्ञान होता है। कण्ठ में संयम करने से चन्द्रलोक का ज्ञान होता है। बाँयीं आँख में संयम करने से शिवलोक का ज्ञान होता है। मस्तक में संयम करने से ब्रह्मलोक का ज्ञान होता है। पैर के नीचे के भाग में संयम करने से अतललोक का ज्ञान होता है। पैर में संयम करने से वितल लोक का ज्ञान होता है। पैरों की सन्धि में संयम करने से नितल लोक का ज्ञान होता है। जंघा में संयम करने से सुतल लोक का ज्ञान होता है। घुटनों में संयम करने से महातल लोक का ज्ञान होता है। ऊरु प्रदेश में संयम करने से रसातल लोक का ज्ञान होता है। कटिप्रदेश में संयम करने से तलातल लोक का ज्ञान होता है। नाभि में चित्त का संयम करने से भूलोंक का ज्ञान होता है। उदर में संयम करने से भुवर्लोक का ज्ञान होता है। हृदय में संयम करने से स्वर्लोक का ज्ञान होता है। हृदय के ऊपर के भाग में संयम करने से महर्लोक का ज्ञान होता है। कंठ में संयम करने से जनलोक का ज्ञान होता है। भौंहों के बीच में चित्त का संयम करने से तपोलोक का ज्ञान होता है। मस्तक में चित्त का संयम करने से सत्यलोक का ज्ञान होता है। धर्म और अधर्म में संयम करने से भूत और भविष्यत् का ज्ञान होता है। तत्तत् प्राणियों की आवाज में चित्त का संयम करने से सभी प्राणियों की आवाजों का ज्ञान होता है। संचित कर्म में चित्त का संयम करने से पूर्व जन्म का ज्ञान होता है। दूसरे के चित्त में चित्त का संयम करने से दूसरों के चित्त का ज्ञान होता है। शरीर के रूप में चित्त का संयम करने से अन्य जैसा रूप मिल सकता है। बल में चित्त का संयम करने से हनुमान आदि जैसा बल प्राप्त होता है। सूर्य में चित्त का संयम करने से भुवन का ज्ञान होता है। चन्द्र में चित्त का संयम करने से तारामंडल का ज्ञान होता है। ध्रुव में संयम करने से उसकी गति का ज्ञान होता है। स्वार्थ में संयम करने से पुरुष का ज्ञान होता है। नाभिचक्र में संयम करने से शरीरव्यूह का ज्ञान होता है। गले के खड्डे में संयन करने से भूख-प्यास चली जाती हैं, कूर्मनाड़ी में संयम करने से स्थिरता आती है। तारा में संयम करने से सिद्ध दर्शन होता है और शरीर के आकाश में संयम करने से आकाशगमन की सिद्धि होती है। इस प्रकार तत्तत् स्थानों में संयम करने से वे सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं।

यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।

❋

अष्टमः खण्डः

अथ प्रत्याहारः । स पञ्चविधः । विषयेषु विचरतामिन्द्रियाणां बलादाहरणं प्रत्याहारः । यद्यत् पश्यति तत् सर्वमात्मेति प्रत्याहारः । नित्यविहितकर्मफलत्यागः प्रत्याहारः। सर्वविषयपराङ्मुखत्वं प्रत्याहारः। अष्टादशसु मर्मस्थानेषु क्रमाद्धारणं प्रत्याहारः ॥1॥
पादाङ्गुष्ठगुल्फजङ्घाजानूरुपायुमेढ्रनाभिहृदयकण्ठकूपतालुनासाक्षिभ्रूमध्यललाटमूर्ध्नि स्थानानि । तेषु क्रमादारोहावरोहक्रमेण प्रत्याहरेत् ॥2॥

इत्यष्टमः खण्डः ।

अब प्रत्याहार की बात करते हैं। वह पाँच प्रकार का है। विषयों में भ्रमण करती हुई इन्द्रियों को बलपूर्वक खींच लेना प्रत्याहार है। मनुष्य जो-जो देखता है, वह सब आत्मा ही है, ऐसा समझना प्रत्याहार कहलाता है। नित्य किए हुए कर्मों का फलत्याग प्रत्याहार है। सभी विषयों से विमुख हो जाना प्रत्याहार है। अठारह मर्म स्थानों में क्रमशः धारणा करना प्रत्याहार है। पैर का अँगूठा गुल्फ, जंघा, जानु (घुटने), ऊरु, गुदा, लिंग, नाभि, हृदय, गले का छिद्र, तालु, नाक, आँख, दोनों भौहों के बीच का स्थान, ललाट और मस्तक—इन अठारह स्थानों में क्रमशः आरोह-अवरोह के क्रम से प्रत्याहार करना चाहिए।

यहाँ अष्टम खण्ड पूरा हुआ।

❋

नवमः खण्डः

अथ धारणाः। सा त्रिविधा। आत्मनि मनोधारणं दहराकाशे बाह्याकाशधारणं पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशेषु पञ्चमूर्तिधारणं चेति ॥1॥

इति नवमः खण्डः।

अब धारणा कही जाती है, वह तीन प्रकार की है—(1) आत्मा में मन की धारणा, (2) दहराकाश में बाह्याकाश की धारणा और (3) पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश में पाँच मूर्तियों की धारणा।

यहाँ नवम खण्ड पूरा हुआ।

❋

दशमः खण्डः

अथ ध्यानम्। तद्द्विविधं सगुणं निर्गुणं चेति। सगुणं मूर्तिध्यानम्। निर्गुणमात्मयाथात्म्यम् ॥1॥

इति दशमः खण्डः।

अब ध्यान कहा जाता है। यह ध्यान दो प्रकार का है। एक सगुण और दूसरा निर्गुण। सगुण ध्यान मूर्ति का ध्यान होता है और निर्गुण ध्यान आत्मा के स्वरूप का ध्यान होता है।

यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा होता है।

❋

एकादशः खण्डः

अथ समाधिः। जीवात्मपरमात्मैक्यावस्था त्रिपुटीरहिता परमानन्दस्वरूपा शुद्धचैतन्यात्मिका भवति ॥1॥

इत्येकादशः खण्डः।

॥ इति प्रथमोऽध्यायः ॥

अब समाधि की बात कहते हैं। जीवात्मा और परमात्मा की एकता का अनुभव करने से जो ज्ञान-ज्ञेयज्ञाता की त्रिपुटी से रहित परमानन्दस्वरूप और शुद्ध चैतन्यमय अवस्था है, वह समाधि है।

यहाँ ग्यारहवाँ खण्ड पूरा हुआ।

यहाँ पहला अध्याय पूरा होता है।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

अथ ह शाण्डिल्यो ह वै ब्रह्मऋषिश्चतुर्षु वेदेषु ब्रह्मविद्यामलभमानः किं नामेत्यथर्वाणं भगवन्तमुपसन्नः पप्रच्छ अधीहि भगवन् ब्रह्मविद्यां येन श्रेयोऽवाप्स्यामीति ॥1॥
स होवाचाथर्वा शाण्डिल्य सत्यं विज्ञानमनन्तं ब्रह्म ॥2॥

फिर ब्रह्मर्षि शाण्डिल्य ने चारों वेदों में ब्रह्मविद्या को प्राप्त न करके भगवान् अथर्वा की शरण में जाकर पूछा—"हे भगवन्! मुझे ब्रह्मविद्या सिखाइए, जिससे मेरा कल्याण हो।"

तब अथर्वा ने कहा—हे शाण्डिल्य! जो ब्रह्म है, वह सत्य है, विज्ञान है और अनन्त है।

यस्मिन्निदमोतं च प्रोतं च। यस्मिन्निदं सं च विचैति सर्वं यस्मिन् विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति। तदपाणिपादमचक्षुःश्रोत्रमजिह्वमशरीरमग्राह्यमनिर्देश्यम् ॥3॥
यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह। यत्केवलं ज्ञानगम्यम्। प्रज्ञा च यस्मात् प्रसृता पुराणी। यदेकमद्वितीयम्। आकाशवत् सर्वगतं सुसूक्ष्मं निरञ्जनं निष्क्रियं सन्मात्रं चिदानन्दैकरसं शिवं प्रशान्तममृतं तत् परं च ब्रह्म। तत्त्वमसि तज्ज्ञानेन हि विजानीहि ॥4॥

जिसमें यह सब कुछ ओत-प्रोत है, जिसमें से इन सबका उदय होता है, और जिसमें इन सबका अस्त हो जाता है और जिसको जानने से यह सब जाना जा सकता है, वह बिना हाथ-पैर वाला, चक्षुरहित, श्रोत्ररहित, जिह्वारहित, शरीररहित, अग्राह्य और अनिर्देश्य है।

जिसको प्राप्त किए बिना ही वाणी मन के साथ वापस लौट जाती है। जो केवल ज्ञान से ही प्राप्त किया जा सकता है, जिससे ही प्राचीन प्रज्ञा निकल कर फैली हुई है, जो एक है, अद्वितीय है, आकाश की तरह सर्वव्यापी है, जो अत्यंत सूक्ष्म, निरंजन, निष्क्रिय, केवल सत्यस्वरूप, चैतन्य और आनन्द-रूप, एकरस (समरस) है, जो मंगलमय, अतिशान्त और अमर है, वह परब्रह्म है। वही तत्त्व तुम हो। उसे तुम ज्ञान के द्वारा जानो।

य एको देव आत्मशक्तिप्रधानः सर्वज्ञः सर्वेश्वरः सर्वभूतान्तरात्मा सर्वभूताधिवासः सर्वभूतनिगूढो भूतयोनिर्योगैकगम्यः। यश्च विश्वं सृजति विश्वं बिभर्ति विश्वं भुङ्क्ते स आत्मा। आत्मनि तं तं लोकं विजानीहि ॥5॥
मा शोचीरात्मविज्ञानी शोकस्यान्तं गमिष्यसि ॥6॥

इति द्वितीयोऽध्यायः।

जो एक ही देव आत्मा की शक्ति के रूप में मुख्य, सर्वज्ञ, सर्वेश्वर, सर्व प्राणियों के अन्तरात्मा, सर्व प्राणियों में बसे हुए, सर्व भूतों में छिपे हुए, सभी भूतों के मूल उत्पत्ति स्थान स्वरूप हैं और केवल योग द्वारा ही जाने जा सकते हैं, और जो विश्व का सर्जन करते हैं, पालन करते हैं और संहार करते हैं, वही आत्मा है। उन-उन लोकों को तुम आत्मा में अवस्थित जानो। तुम शोक मत करो। आत्मा का विशेष ज्ञान प्राप्त करके तुम शोक के नाश को प्राप्त करोगे।

यहाँ द्वितीय अध्याय पूरा होता है।

❋

तृतीयोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

अथ हैनं शाण्डिल्योऽथर्वाणं पप्रच्छ यदेकमक्षरं निष्क्रियं शिवं सन्मात्रं परं ब्रह्म। तस्मात् कथमिदं विश्वं जायते कथं स्थीयते कथमस्मिल्लीयते। तन्मे संशयं छेत्तुमर्हसीति ॥1॥
स होवाचाथर्वा सत्यं शाण्डिल्य परंब्रह्म निष्क्रियमक्षरमिति ॥2॥
अथाप्यस्यारूपस्य ब्रह्मणस्त्रीणि रूपाणि भवन्ति सकलं निष्कलं सकलनिष्कलं चेति ॥3॥

अब फिर से शाण्डिल्य ने अथर्वा से पूछा कि—"जो परब्रह्म एक, अक्षर, क्रियारहित, मंगलस्वरूप और केवल सत्तामात्र ही है, इससे यह विश्व कैसे उत्पन्न होता है ? कैसे स्थिति करता है ? कैसे पुनः उसमें विलीन हो जाता है ? आप मेरे इस संशय को दूर करने के लिए योग्य हैं। तब अथर्वा ने कहा कि—यह तो ठीक ही है, शाण्डिल्य ! यों तो परब्रह्म क्रियारहित और अक्षर ही है, फिर भी इस अरूप परब्रह्म के तीन स्वरूप होते हैं—सकल, निष्कल और सकल-निष्कल।

यत्सत्यं विज्ञानमानन्दं निष्क्रियं निरञ्जनं सर्वगतं सुसूक्ष्मं सर्वतोमुखमनिर्देश्यममृतमस्ति तदिदं निष्कलं रूपम् ॥4॥
अथास्य या सहजास्त्यविद्या मूलप्रकृतिर्माया लोहितशुक्लकृष्णा। तया सहायवान् देवः कृष्णपिङ्गलो ममेश्वर ईष्टे। तदिदमस्य सकलं रूपम् ॥5॥

इनमें जो सत्य, विज्ञानरूप, आनन्द, क्रियाशून्य, निरंजन, सर्वव्यापी, अनन्त, सूक्ष्म, चारों ओर मुख वाला, अनिर्देश्य और अमर रूप है, वह निष्कल रूप है। तदनन्तर इस परब्रह्म की जो सहज अविद्या, मूल प्रकृति, माया है, वह लोहित (लाल), शुक्ल और कृष्ण (काले) वर्ण वाली है। उसकी (माया की) सहायता लेकर वह देव स्वयं काले और पीले होकर मेरे और सभी के ईश्वर (नियन्ता) होते हैं, यह उसका सकल रूप है।

अथैष ज्ञानमयेन तपसा चीयमानोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेयेति। अथैतस्मात् तप्यमानात् सत्यकामात् त्रीण्यक्षराण्यजायन्त। तिस्रो व्याहृतयस्त्रिपदा गायत्री त्रयो वेदास्त्रयो देवास्त्रयो वर्णास्त्रयोऽग्नयश्च जायन्ते। योऽसौ देवो भगवान् सर्वैश्वर्यसम्पन्नः सर्वव्यापी सर्वभूतानां

हृदये संनिविष्टो मायावी मायया क्रीडति, स ब्रह्मा स विष्णुः स रुद्रः स इन्द्रः स सर्वे देवाः सर्वाणि भूतानि स एव पुरस्तात् स एव पश्चात् स एवोत्तरतः स एव दक्षिणतः स एवाधस्तात् स एवोपरिष्टात् स एव सर्वम्। अथास्य देवस्यात्मशक्तेरात्मक्रीडस्य भक्तानुकम्पिनो दत्तात्रेयरूपा सुरूपा तनूरवासा इन्दीवरदलप्रख्या चतुर्बाहुरघोरापापकाशिनी। तदिदमस्य सकलनिष्कलं रूपम् ॥6॥

इति प्रथमः खण्डः।

अब इस परब्रह्म ने ज्ञानमय तप से वृद्धि प्राप्त करके चाहा था कि "मैं अनेक रूपों में उत्पन्न हो जाऊँ।" बाद में उसने तपश्चर्या प्रारम्भ की। तब सत्य संकल्प वाले उससे तीन अक्षर उत्पन्न हुए। और भी इसी तरह तीन व्याहृतियाँ, तीन पदों वाली गायत्री, तीन वेद, तीन देव, तीन वर्ण और तीन अग्नि उत्पन्न हुए। जो यह परब्रह्म देव भगवान् हैं, वह सभी ऐश्वर्यों से युक्त हैं, सर्वव्यापी हैं, सभी प्राणियों के हृदय में अवस्थित हैं, मायावी हैं, माया के साथ क्रीड़ा करने वाले हैं, वही ब्रह्मा हैं, वही विष्णु हैं, वही रुद्र हैं, वही इन्द्र और सभी देवों के रूप में हैं, वही सभी भूतों के रूप में हैं। वही आगे और पीछे हैं। वही उत्तर में हैं, वही दक्षिण में हैं, वही ऊपर हैं, वही नीचे हैं। इस प्रकार वही सब कुछ हैं। वे देव अपनी शक्ति के साथ क्रीड़ा करने वाले हैं और भक्तों पर अनुग्रह करने वाले हैं। उनका शरीर दत्तात्रेयरूप सुंदर रूपवाला, वस्त्रविहीन, कमलपत्र जैसा कोमल, चार भुजाओं वाला, अघोर (भयंकरता से रहित) और पापरहित होते हुए प्रकाशित हो रहा है। यही उस परब्रह्म का सकलनिष्कल है।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

अथ हैनमथर्वाणं शाण्डिल्यः पप्रच्छ भगवन् सन्मात्रं चिदानन्दैकरसं कस्मादुच्यते परं ब्रह्मेति ॥1॥
स होवाचाथर्वा यस्माच्च बृहति बृंहयति च सर्वं तस्मादुच्यते परं ब्रह्मेति ॥2॥
अथ कस्मादुच्यते आत्मेति ॥3॥
यस्मात् सर्वमाप्नोति सर्वमादत्ते सर्वमत्ति च तस्मादुच्यते आत्मेति ॥4॥
अथ कस्मादुच्यते महेश्वर इति ॥5॥
यस्मान्महत ईशः शब्दध्वन्या चात्मशक्त्या च महत ईशते तस्मादुच्यते महेश्वर इति ॥6॥

पुनः उन अथर्वा से शाण्डिल्य ने पूछा—"हे भगवन्! वह ब्रह्म केवल सत्यस्वरूप, चिदानन्दैकरस क्यों कहा जाता है ?" तब अथर्वा बोले—वह स्वयं वृद्धि प्राप्त करता है और दूसरों का बृंहण (वृद्धि) करता है इसलिए वह परब्रह्म कहा जाता है। और वह आत्मा इसलिए कहा जाता है क्योंकि वह सर्व में व्याप्त होकर रहता है और सबको ग्रहण करता है एवं सबको खा जाता है। (आप्नोति, आदत्ते, अत्ति)। अब वे महेश्वर इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि शब्दध्वनि और आत्मशक्ति से बड़ों-बड़ों का वे नियन्त्रण करते हैं, इसलिए वे महेश्वर कहलाते हैं।

अथ कस्मादुच्यते दत्तात्रेय इति ॥7॥
यस्मात् सुदुश्चरं तपस्तप्यमानायात्रये पुत्रकामायातितरां तुष्टेन भगवता ज्योतिर्मयेनात्मैव दत्तो यस्माच्चानसूयायामत्रेस्तनयोऽभवत् तस्मादुच्यते दत्तात्रेय इति ॥8॥
अथ योऽस्य निरुक्तानि वेद स सर्वं वेद ॥9॥
अथ यो ह वै विद्ययैनं परमुपास्ते सोऽहमिति स ब्रह्मविद्भवति ॥10॥

अब वे दत्तात्रेय इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि अति दुश्चर (दुष्कर) तपश्चर्या करके अत्रि ऋषि ने पुत्र की इच्छा की। तब उन पर अतिप्रसन्न हुए ज्योतिर्मय भगवान् ने अपना स्वरूप ही उन्हें पुत्र के रूप में दे दिया और वे स्वयं अत्रि ऋषि एवं अनसूया के द्वारा पुत्र के रूप में उत्पन्न हुए। इसलिए वे दत्तात्रेय कहे जाते हैं। जो मनुष्य इन अन्वर्थक नामों को व्युत्पत्ति के साथ जानता है वह सब कुछ जानने में सक्षम हो जाता है। तदनन्तर जो इस आत्मविद्या के द्वारा इस परमात्म तत्त्व की उपासना 'मैं ही वह (ब्रह्म) हूँ'—इस प्रकार करता है, वह ब्रह्मविद् अर्थात् ब्रह्मज्ञानी हो जाता है।

अत्रैते श्लोका भवन्ति—
दत्तात्रेयं शिवं शान्तमिन्द्रनीलनिभं प्रभुम्।
आत्ममायारतं देवमवधूतं दिगम्बरम् ॥11॥
भस्मोद्धूलितसर्वाङ्गं जटाजूटधरं विभुम्।
चतुर्बाहुमुदाराङ्गं प्रफुल्लकमलेक्षणम् ॥12॥
ज्ञानयोगनिधिं विश्वगुरुं योगिजनप्रियम्।
भक्तानुकम्पिनं सर्वसाक्षिणं सिद्धसेवितम् ॥13॥
एवं यः सततं ध्यायेद्देवदेवं सनातनम्।
स मुक्तः सर्वपापेभ्यो निःश्रेयसमवाप्नुयात् ॥14॥
इत्यों सत्यमित्युपनिषत् ॥15॥

इति शाण्डिल्योपनिषत्समाप्ता।

इस विषय में ये श्लोक हैं—मंगलस्वरूप, शान्त, इन्द्रनीलमणि सदृश श्याम, आत्ममाया के साथ क्रीड़ा करते हुए, अवधूत, दिगम्बर, भस्मलेपित देहवाले, जटाजूटधारी, व्यापक चतुर्भुजधारी, उदार अंगों वाले, प्रफुल्लित कमल जैसी आँखों वाले, ज्ञानयोग के भंडार, विश्व के गुरु, योगीजनों के प्रिय, भक्तों पर अनुग्रह करने वाले, सर्व के साक्षी और सिद्धों के द्वारा सेवित भगवान् दत्तात्रेय देव सनातन हैं। वे देवों के भी देव हैं। इस प्रकार जो निरन्तर उनका ध्यान करता है, वह सर्व पापों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है।

इस प्रकार शाण्डिल्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवाः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(61) पैंगलोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

शुक्लयजुर्वेदीय इस उपनिषद् में चार अध्याय हैं। पैंगल और याज्ञवल्क्य के प्रश्नोत्तर के रूप में इसमें कैवल्यज्ञान का मर्म बताया है। प्रथमाध्याय में सृष्टि के प्राकट्य का वैज्ञानिक विवेचन है। दूसरे अध्याय में इस सृष्टि के सर्जन-पालन-संहार की सामर्थ्य होते हुए भी चैतन्य की जीवभावप्राप्ति की बात कही गई है। तीसरे अध्याय में जीव-ब्रह्मात्मैक्य बोधक वेदों के महावाक्यों का विवेचन किया गया है। हमारे प्रसिद्ध महावाक्यों से ये महावाक्य थोड़े अलग हैं। चौथे अध्याय में ज्ञानियों की स्थिति एवं कर्म के बारे में याज्ञवल्क्य ने बड़े विस्तार से कहा है। यहाँ याज्ञवल्क्य के कहने का तात्पर्य यह है कि ज्ञानी अपनी ज्ञानाग्नि से प्रारब्ध कर्मों को जला देता है और आवागमन से छुटकारा पा लेता है तथा कैवल्यपद को प्राप्त हो जाता है। अन्त में उपनिषद् का माहात्म्य बताया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्वमेवावशिष्यते ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

ॐ रूप में अभिव्यक्त वह (परब्रह्म) पूर्ण है और यह (कार्यब्रह्म) भी पूर्ण है। क्योंकि पूर्ण में से ही पूर्ण उत्पन्न होता है। एवं प्रलय के समय पूर्ण का (कार्यब्रह्म का) पूर्णत्व लेकर (अर्थात् स्वयं के भीतर समाकर) पूर्ण (परब्रह्म) ही शेष रह जाता है।

त्रिविध तापों (आध्यात्मिक, आधिभौतिक और आधिदैविक) की शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

अथ ह पैङ्गलो याज्ञवल्क्यमुपसमेत्य द्वादशवर्षशुश्रूषापूर्वकं परमरहस्य-कैवल्यमनुब्रूहीति पप्रच्छ ॥1॥
स होवाच याज्ञवल्क्यः सदेव सोम्येदमग्र आसीत्। तन्नित्यमुक्तमविक्रियं सत्यज्ञानानन्दं परिपूर्णं सनातनमेकमेवाद्वितीयं ब्रह्म ॥2॥
तस्मिन्मरुशुक्तिकास्थाणुस्फटिकादौ जलरौप्यपुरुषरेखादिवल्लोहित-शुक्लकृष्णगुणमयी गुणसाम्यानिर्वाच्या मूलप्रकृतिरासीत्। तत्प्रति-बिम्बितं यत्तत्साक्षिचैतन्यमासीत् ॥3॥

किसी समय पैंगल ऋषि याज्ञवल्क्य ऋषि के पास गए और बारह वर्षों तक पास रहकर उनकी सेवाशुश्रूषा करने के पश्चात् उनसे कहा कि मुझे परमरहस्यमय कैवल्यज्ञान का उपदेश दीजिए। तब याज्ञवल्क्य ने कहा कि—"हे सोम्य! पहले यह सब सत् ही था। वही नित्य, मुक्त, अविकारी, सत्य,

ज्ञान और आनन्द से परिपूर्ण, सनातन तथा एकमात्र अद्वितीय ब्रह्म ही था। उस ब्रह्म में जैसे मरुस्थल में जल, सीप में रजत, स्थाणु में पुरुष और स्फटिक में रेखा का आभास होता है, उसी प्रकार उस (ब्रह्म) से लाल, शुक्ल और काले वर्णवाली (अर्थात् सत्त्व, रजस् और तमोगुणवाली) मूल प्रकृति उत्पन्न हुई। उसमें जो प्रतिबिम्बित हुआ, उसे ही साक्षी चैतन्य कहा गया है।

सा पुनर्विकृतिं प्राप्य सत्त्वोद्रिक्ताऽव्यक्ताख्यावरणशक्तिरासीत्। तत्प्रतिबिम्बितं यत्तदीश्वरचैतन्यमासीत्। स स्वाधीनमायः सर्वज्ञः सृष्टि-स्थितिलयानामादिकर्ता जगदङ्कररूपो भवति स्वस्मिन्विलीनं सकलं जगदाविर्भावयति। प्राणिकर्मवशादेष पटो यद्वत् प्रसारितः प्राणिकर्म-क्षयात् पुनस्तिरोभावयति। तस्मिन्नेवाखिलं विश्वं संकोचितपट-वद्वर्तते ॥4॥

जब वह मूलप्रकृति भी फिर से विकारयुक्त हो गई, तब उससे 'सत्त्वगुणप्रधान अव्यक्त आवरणशक्ति' का प्रादुर्भाव हुआ। उसमें जो चैतन्य प्रतिबिम्बित हुआ, वह 'ईश्वरचैतन्य' कहा गया। वह ईश्वरचैतन्य माया को अपने वश में रखता है। वह सर्वज्ञ होता है। इस विश्व के सर्जन, पालन-पोषण और लय का वह आदिकर्ता है। वह इस जगत् का अंकुररूप है। वह अपने ही भीतर विलीन हुए सकल जगत् को उत्पन्न करता है। वह प्राणियों के कर्मों के अनुसार इस विश्वरूपी वस्त्र को जिस तरह फैलाता है, उसी प्रकार कर्मक्षय होने पर समेट भी लेता है। फिर तो सारा विश्व उसी में समेटे हुए वस्त्र की भाँति अवस्थित रह जाता है।

ईशाधिष्ठितावरणशक्तितो रजोद्रिक्ता महदाख्या विक्षेपशक्तिरासीत्। तत्प्रतिबिम्बितं यत्तद्धिरण्यगर्भचैतन्यमासीत्। स महत्तत्त्वाभिमानी स्पष्टास्पष्टवपुर्भवति ॥5॥

ईश्वर के द्वारा अधिष्ठित उस आवरणशक्ति से 'रजोगुणप्रधान विक्षेपशक्ति' उत्पन्न होती है, इसे 'महत्' कहा जाता है। इसमें प्रतिबिम्बित होने वाला चैतन्य 'हिरण्यगर्भ' कहा जाता है। वह महत् तत्त्व से युक्त कुछ स्पष्ट और कुछ अस्पष्ट शरीर धारण करने वाला होता है।

हिरण्यगर्भाधिष्ठितविक्षेपशक्तितस्तमोद्रिक्ताऽहंकाराभिधा स्थूलशक्ति-रासीत्। तत्प्रतिबिम्बितं यत्तद्विराट्चैतन्यमासीत्। स तदभिमानी स्पष्ट-वपुः सर्वस्थूलपालको विष्णुः प्रधानपुरुषो भवति। तस्मादात्मन आकाशः संभूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी। तानि पञ्च तन्मात्राणि त्रिगुणानि भवन्ति ॥6॥

उस हिरण्यगर्भ में रहने वाली विक्षेपशक्ति से तमःप्रधान अहंकार नाम की स्थूल शक्ति उत्पन्न हुई है। और उसमें जो चैतन्य प्रतिबिम्बित होता है, वह 'विराट्' कहलाता है। इसका अभिमानी स्पष्ट शरीरवाला, समस्त स्थूल जगत् का पालक जो प्रधानपुरुष होता है, वह 'विष्णु' है। उसकी आत्मा से इस आकाश की उत्पत्ति हुई है। आकाश से वायु उत्पन्न हुआ है, वायु से अग्नि उत्पन्न हुआ है, अग्नि से जल की उत्पत्ति हुई है, और जल से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई है। इन्हीं से पाँच तन्मात्राएँ और तीन गुणों की उत्पत्ति हुई है।

स्रष्टुकामो जगद्योनिस्तमोगुणमधिष्ठाय सूक्ष्मतन्मात्राणि भूतानि स्थूली-कर्तुं सोऽकामयत। सृष्टेः परिमितानि भूतान्येकमेकं द्विधा विधाय

पुनश्चतुर्धा कृत्वा स्वस्वेतरद्वितीयांशैः पञ्च पञ्चधा संयोज्य पञ्चीकृत-भूतैरनन्तकोटिब्रह्माण्डानि तत्तदण्डोचितचतुर्दशभुवनानि तत्तद्भुवनो-चितगोलकस्थूलशरीराण्यसृजत् ॥7॥

इस जगत् के सर्जक को जब सृष्टि के निर्माण की इच्छा हुई तो उन्होंने तमोगुण में अधिष्ठित होकर उन सूक्ष्म तन्मात्राओं से स्थूल भूतों की उत्पत्ति करने की पहले कामना की (संकल्प किया)। उन्होंने उन परिच्छिन्न सूक्ष्मभूतों को एक-एक के दो भाग किए। फिर एक-एक आधे भाग के चार-चार विभाग किए। फिर पहला जो आधा भाग प्रत्येक भूतों का था, उसमें उस तत्त्व से पृथक् तत्त्व वाले अन्य तत्त्वों के अष्टमांश भाग को मिलाकर सबका पञ्चीकरण कर दिया। इसके बाद इन पंचीकृत भूतों से अनन्तकोटि ब्रह्माण्डों की रचना की। फिर उनके योग्य चौदह भुवन बनाए और उन भुवनों के योग्य स्थूल शरीरों का निर्माण किया।

स पञ्चभूतानां रजोंशांश्चतुर्धा कृत्वा भागत्रयात्पञ्चवृत्त्यात्मकं प्राणम-सृजत्। स तेषां तुर्यभागेन कर्मेन्द्रियाण्यसृजत् ॥8॥
स तेषां सत्त्वांशं चतुर्धा कृत्वा भागत्रयसमष्टितः पञ्चक्रियावृत्त्यात्म-कमन्तःकरणमसृजत्। स तेषां सत्त्वतुरीयभागेन ज्ञानेन्द्रियाण्य-सृजत् ॥9॥
सत्त्वसमष्टित इन्द्रियपालकानसृजत्। तानि सृष्टान्यण्डे प्राचिक्षिपत्। तदाज्ञया समष्ट्यण्डं व्याप्त तान्यतिष्ठन्। तदाज्ञयाऽहंकारसमन्वितो विराट् स्थूलान्यरक्षत्। हिरण्यगर्भस्तदाज्ञया सूक्ष्माण्यपालयत् ॥10॥

इसके बाद उसने पाँच भूतों के रजोगुणप्रधान अंश के चार भाग करके तीन भागों से पाँच प्रकार के प्राणों का और शेष के चतुर्थांश से कर्मेन्द्रियों का निर्माण किया। इसी प्रकार उसने उन पाँच भूतों के सत्त्वांश के भी चार विभाग करके उसके तीन भागों से पाँच वृत्त्यात्मक अन्तःकरण को बनाया और शेष बचे चतुर्थांश से ज्ञानेन्द्रियों का निर्माण किया। (अन्तःकरण की पाँच वृत्तियाँ ये हैं—प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति)। उसने सत्त्वसमष्टि से पाँचों इन्द्रियों के पालक देवताओं का सर्जन किया और उन्हें ब्रह्माण्डों में स्थापित किया। उस विष्णुरूप ब्रह्म की आज्ञा से वे सभी देवतागण ब्रह्माण्डों में बस गये। उसी की आज्ञा से अहंकारयुक्त विराट् स्थूल जगत् का रक्षण करने लगा और हिरण्यगर्भ उसकी आज्ञा से ही सूक्ष्म का पालन करने लगा।

अण्डस्थानि तानि तेन विना स्पन्दितुं चेष्टितुं वा न शेकुः। तानि चेतनीकर्तुं सोऽकामयत ब्रह्माण्डब्रह्मरन्ध्राणि समस्तव्यष्टिमस्तकान्वि-दार्य तदेवानुप्राविशत्। तदा जडान्यपि तानि चेतनवत्स्वकर्माणि चक्रिरे ॥11॥
सर्वज्ञेशो मायालेशसमन्वितो व्यष्टिदेहं प्रविश्य तया मोहितो जीवत्वमग-मत्। शरीरत्रयतादात्म्यात्कर्तृत्वभोक्तृत्वतामगमत्। जाग्रत्स्वप्नसुषुप्ति-मूर्च्छामरणधर्मयुक्तो घटीयन्त्रवदुद्विग्नो जातो मृत इव कुलालचक्रन्या-येन परिभ्रमतीति ॥12॥

इति प्रथमोऽध्यायः।

उस ब्रह्म के बिना ब्रह्माण्ड में अवस्थित ये देवगण कोई स्पन्दन और चेष्टा न कर पाये। उन्हें चैतन्ययुक्त करने के लिए उस ब्रह्म ने संकल्प किया। वह ब्रह्म, ब्रह्माण्ड और ब्रह्मरन्ध्र तथा समस्त व्यष्टि के मस्तक को विदीर्ण करके उसमें प्रविष्ट हो गया। तब वे जड़ होते हुए भी अपने-अपने कार्यों में चेतन की तरह ही लग गए (कार्य करने लगे)। सर्वज्ञ ईश्वर माया से युक्त होकर व्यष्टिशरीर में प्रविष्ट हो गया और मोहित होकर जीवत्व को प्राप्त हो गया। स्थूल-सूक्ष्म-कारणात्मक तीनों शरीरों के साथ तादात्म्य स्थापित करके कर्तृत्व और भोक्तृत्व का अनुभव करने लगा। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-मूर्च्छा आदि स्थितियों से युक्त होकर मरणधर्म को प्राप्त करके वह घटीयन्त्र के समान चंचल होकर उत्पन्न हुआ करता है और मृत्यु को प्राप्त करता रहता है, कुम्हार के चक्र की तरह घूमता रहता है।

यहाँ प्रथम अध्याय संपूर्ण होता है।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

अथ पैङ्गलो याज्ञवल्क्यमुवाच सर्वलोकानां सृष्टिस्थित्यन्तकृद्विभुरीशः कथं जीवत्वमगमदिति ॥1॥

स होवाच याज्ञवल्क्यः स्थूलसूक्ष्मकारणदेहोद्भवपूर्वकं जीवेश्वरस्वरूपं विविच्य कथयामीति सावधानेनैकाग्रतया श्रूयताम्। ईशः पञ्चीकृत-महाभूतलेशानादाय व्यष्टिसमष्ट्यात्मकस्थूलशरीराणि यथाक्रममकरोत्। कपालचर्मान्त्रास्थिमांसनखानि पृथिव्यंशाः। रक्तमूत्रलालास्वेदादिका अबंशाः। क्षुत्तृष्णोष्णमोहमैथुनाद्या अग्न्यंशाः। प्रचारणोत्तारणाश्वा-सादिका वाय्वंशाः। कामक्रोधादयो व्योमांशाः। एतत्संघातं कर्मणि संचितं त्वगादियुक्तं बाल्याद्यवस्थाभिमानास्पदं बहुदोषाश्रयं स्थूलशरीरं भवति ॥2॥

फिर से ऋषि पैंगल ने याज्ञवल्क्य ऋषि से पूछा कि सभी लोकों का सर्जन, पालन, पोषण और संहार करने वाले व्यापक ईश्वर ने भी जीवत्व कैसे प्राप्त किया ? तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"मैं स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीरों की उत्पत्ति बताकर यह तुम्हें विवेचन करके बता रहा हूँ। उसे सावधान होकर एकाग्रता से सुनो। ईश्वर ने पंचीकृत भूतों के अंशों को लेकर व्यष्टि और समष्टि के स्थूल शरीरों का क्रमिक रूप से निर्माण किया। कपाल, चर्म, आँतें, हड्डियाँ, मांस और नाखून—ये पृथ्वी तत्त्व के अंश से बनाए गए हैं। रक्त, मूत्र, लार और पसीना आदि जलतत्त्व के अंश से बने हुए हैं। भूख, प्यास, गर्मी, मोह, मैथुन आदि अग्नितत्त्व के अंश से बने हैं। चलना, उठना, बैठना, साँस लेना—आदि सब वायुतत्त्व के अंश से बने हुए हैं। काम, क्रोध आदि आकाशतत्त्व के अंश से बने हुए हैं। इस प्रकार इन सबके संघात (समूह) से और संचित कर्मों से निर्मित त्वचा आदि से युक्त बाल्यादि अवस्थाओं के भाववाला अनेक दोषों का आश्रयस्थान यह स्थूल शरीर होता है।

अथापञ्चीकृतमहाभूतरजोंशभागत्रयसमष्टितः प्राणमसृजत्। प्राणापान-व्यानोदानसमानाः प्राणवृत्तयः। नागकूर्मकृकरदेवदत्तधनञ्जया उप-प्राणाः। हृदासननाभिकण्ठसर्वाङ्गानि स्थानानि। आकाशादिरजोगुण-तुरीयभागेन कर्मेन्द्रियमसृजत्। वाक्पाणिपादपायूपस्थास्तद्वृत्तयः।

वचनादानगमनविसर्गानन्दास्तद्विषयाः। एवं भूतसत्त्वांशभागत्रय-समष्टितोऽन्तःकरणमसृजत्। अन्तःकरणमनोबुद्धिचित्ताहंकारास्तद्-वृत्तयः। संकल्पनिश्चयस्मरणाभिमानानुसंधानास्तद्विषयाः। गलवदन-नाभिहृदयभ्रूमध्यं स्थानम्। भूतसत्त्वतुरीयभागेन ज्ञानेन्द्रियमसृजत्। श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणास्तद्वृत्तयः। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धास्तद्विषयाः। दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमृत्युकाः। चन्द्रो विष्णुश्चतुर्वक्त्रः शंभुश्च करणाधिपाः ॥3॥

इसके बाद अपंचीकृत महाभूतों के रजोगुणांश के तीन भागों को एकत्रित करके प्राण को उत्पन्न किया गया। प्राण, अपान, व्यान, समान और उदान—ये पाँच प्राण हैं। इसी प्रकार नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय—ये पाँच उपप्राण हैं। हृदय, आसन (मूलाधार), नाभि, कण्ठ और सर्वांग—ये उस प्राण के स्थान हैं। इसके बाद आकाशादि अपंचीकृत महाभूतों के रजोगुणांश का जो चौथा भाग था, उससे कर्मेन्द्रियों का निर्माण किया गया। वाणी, हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ (शिश्न)—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। वचन, आदान, गमन, विसर्जन और आनन्द—ये इन कर्मेन्द्रियों के क्रमशः विषय हैं। इसी प्रकार उन पूर्वोक्त महाभूतों के सत्त्व गुणांश के भी तीन भागों से अन्तःकरण की उत्पत्ति की गई। अन्तःकरण में मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और उनकी वृत्तियाँ शामिल हैं। संकल्प, निश्चय, स्मरण, अभिमान तथा अनुसन्धान—ये इनके क्रमशः विषय हैं। कण्ठ, मुख, नाभि, हृदय और भौंहों का मध्यभाग—ये इनके स्थान हैं। अब महाभूतों के सत्त्वांश के शेष बचे चौथे भाग से ज्ञानेन्द्रियों का निर्माण किया गया। श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा और घ्राणेन्द्रिय—ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध—ये इनके क्रमिक रूप से विषय हैं। दिशाएँ, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनीकुमार, अग्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, मृत्युदेव (यम), चन्द्र, विष्णु, ब्रह्मा और शिव के सभी देवगण इन इन्द्रियों के स्वामी हैं।

अथान्नमयप्राणमयमनोमयविज्ञानमयानन्दमयाः पञ्च कोशाः। अन्नरसेनैव भूत्वाऽन्नरसेनाभिवृद्धिं प्राप्यान्नरसमयपृथिव्यां यद्विलीयते सोऽन्नमयकोशः। तदेव स्थूलशरीरम्। कर्मेन्द्रियैः सह प्राणादिपञ्चकं प्राणमयकोशः। ज्ञानेन्द्रियैः सह मनो मनोमयकोशः। ज्ञानेन्द्रियैः सह बुद्धिर्विज्ञानमयकोशः। एतत्कोशत्रयं लिङ्गशरीरम्। स्वरूपाज्ञानमा-नन्दमयकोशः। तत् कारणशरीरम् ॥4॥

अब इसके बाद अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय और आनन्दमय—ये पाँच कोश हैं। अन्नमय कोश उसे कहा जाता है, जो अन्नरस से उत्पन्न होता है, अन्नरस से ही अभिवृद्धि को प्राप्त करता है, और अन्ततः अन्नरसमय पृथ्वी में विलीन हो जाता है। वही अन्नमय कोश है, वही स्थूल शरीर है। कर्मेन्द्रियों के साथ ही पाँच प्राण आदि को मिलाने से प्राणमय कोश कहलाता है। ज्ञानेन्द्रियों के साथ मन के होने से मनोमय कोश कहलाता है। ज्ञानेन्द्रियों के साथ बुद्धि के होने से विज्ञानमय कोश कहलाता है। इन तीन कोशों के मिलने से लिङ्गशरीर बनता है। अपने स्वरूप के अभान (अज्ञान) वाली स्थिति को आनन्दमय कोश कहा जाता है और इसी को कारणशरीर कहा जाता है।

अथ ज्ञानेन्द्रियपञ्चकं कर्मेन्द्रियपञ्चकं प्राणादिपञ्चकं वियदादिपञ्चक-मन्तःकरणचतुष्टयं कामकर्मतमांस्यष्टपुरम् ॥5॥

ईशाज्ञया विराजो व्यष्टिदेहं प्रविश्य बुद्धिमधिष्ठाय विश्वत्वमगमत्। विज्ञानात्मा चिदाभासो विश्वो व्यावहारिको जाग्रत्स्थूलदेहाभिमानी कर्मभूरिति च विश्वस्य नाम भवति ॥6॥

ईशाज्ञया सूत्रात्मा व्यष्टिसूक्ष्मशरीरं प्रविश्य मन अधिष्ठाय तैजसत्वमगमत्। तैजसः प्रातिभासिकः स्वप्नकल्पित इति तैजसस्य नाम भवति ॥7॥

ईशाज्ञया मायोपाधिरव्यक्तसमन्वितो व्यष्टिकारणशरीरं प्रविश्य प्राज्ञत्वमगमत्। प्राज्ञोऽविच्छिन्नः पारमार्थिकः सुषुप्त्यभिमानीति प्राज्ञस्य नाम भवति ॥8॥

इस प्रकार पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण, आकाशादि पाँच महाभूत, चार अन्तःकरण, काम, कर्म और अविद्या—ये आठों मिलकर अष्टपुर (आठ पुरों का समूह) कहलाता है। ईश की आज्ञा से विराट् ने व्यष्टि में प्रवेश करके और बुद्धि में प्रतिष्ठित होकर 'विश्वत्व' को प्राप्त किया (वह 'विश्व' कहलाया)। इसी 'विश्व' के ये भी अलग-अलग नाम हैं जैसे—विज्ञानात्मा, चिदाभास, विश्व, व्यावहारिक, जाग्रत्, स्थूलदेहाभिमानी और कर्मभू। अब ईश की आज्ञा से सूत्रात्मा व्यष्टि के सूक्ष्म शरीर में प्रविष्ट हुआ। वहाँ वह मन में अधिष्ठित होकर 'तैजसत्त्व' को प्राप्त हुआ। इस तैजस के ये नाम हैं—तैजस, प्रातिभासिक और स्वप्नकल्पित। अब फिर ईश्वर के ही आदेश से माया की उपाधिवाला अव्यक्त व्यष्टि के कारणशरीर में प्रविष्ट हुआ। वहाँ उसने 'प्राज्ञत्व' प्राप्त किया। उस 'प्राज्ञ' के ये नाम हैं—प्राज्ञ, अविच्छिन्न, पारमार्थिक और सुषुप्त्यभिमानी।

अव्यक्तलेशाज्ञानाच्छादितपारमार्थिकजीवस्य तत्त्वमस्यादिवाक्यानि ब्रह्मणैकतां जगुर्नेतरयोर्व्यावहारिकप्रातिभासिकयोः ॥9॥

अन्तःकरणप्रतिबिम्बितचैतन्यं यत्तदेवावस्थात्रयभाग्भवति। स जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थाः प्राप्य घटीयन्त्रवदुद्विग्नो जातो मृत इव स्थितो भवति ॥10॥

पारमार्थिक जीव के ऊपर अव्यक्त का अंशरूप अज्ञान आच्छन्न हुआ है। 'तत्त्वमसि' आदि वाक्यों से ब्रह्म की एकता प्रकट होती है। परन्तु व्यावहारिक और प्रातिभासिक भेद इस प्रकार की एकता नहीं रखते (ज्ञान के फल के भोग के समय पर प्राज्ञ का ही पारमार्थिकत्व होने से तथा विश्व और तैजस के मिथ्या होने से इस प्रकार की एकता नहीं हो सकती।) अन्तःकरण में जो चैतन्य प्रतिबिम्बित होता है, वही तीनों अवस्थाओं (जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति) का भागी होता है। चैतन्य तो इन उपर्युक्त तीनों अवस्थाओं को पाकर घटीयन्त्र की तरह चंचल होकर घूमता रहता है और निरन्तर जन्म-मरण को प्राप्त होता रहता है।

अथ जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिमूर्च्छामरणाद्यवस्थाः पञ्च भवन्ति। तत्तद्देवताग्रहान्वितैः श्रोत्रादिज्ञानेन्द्रियैः शब्दाद्यर्थविषयग्रहणज्ञानं जाग्रदवस्था भवति। तत्र भ्रूमध्यं गतो जीव आपादमस्तकं व्याप्य कृषिश्रवणाद्यखिलक्रियाकर्ता भवति। तत्तत्फलभुक् च भवति। लोकान्तरगतः कर्मार्जितफलं स एव भुङ्क्ते। स सार्वभौमवद्व्यवहाराच्छ्रान्त अन्तर्भवनं प्रवेष्टुं मार्गमाश्रित्य तिष्ठति ॥11॥

इस प्रकार, जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, मूर्च्छा और मरण—ये पाँच अवस्थाएँ होती हैं। जाग्रत् अवस्था वह है जिसमें श्रोत्र आदि इन्द्रियाँ अपने-अपने देवता की शक्ति (अनुग्रह) से युक्त होकर शब्द आदि विषयों को ग्रहण करती हैं। इस समय जीव दोनों भौंहों के बीच निवास करते हुए भी समग्र शरीर अर्थात् पाद से लेकर मस्तक तक व्याप्त रहता है और कृषि से लेकर श्रवण तक के अर्थात् सभी कार्यों को करता है (तात्पर्य यह है कि सभी ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ भी चैतन्य की वजह से अपना-अपना काम करती रहती हैं) और कार्यों के फल भी प्राप्त करता है। वह अपने इन अर्जित कर्मों का फल लोकान्तर में भी भोगता है। वह सार्वभौम की तरह लौकिक कार्यों से थककर थकान उतारने के लिए भीतर के विश्रामस्थान में जाने की इच्छा से मार्ग में ही आश्रय लेकर ठहर जाता है।

करणोपरमे जाग्रत्संस्कारार्धप्रबोधवद्ग्राह्यग्राहकरूपस्फुरणं स्वप्नावस्था भवति। तत्र विश्व एव जाग्रद्व्यवहारलोपान्नाडीमध्यं चरंस्तैजसत्वमवाप्य वासनारूपकं जगद्वैचित्र्यं स्वभासा भासयन्यथेप्सितं स्वयं भुङ्क्ते ॥12॥

चित्तैककरणा सुषुप्त्यवस्था भवति। भ्रमविश्रान्तशकुनिः पक्षौ संहृत्य नीडाभिमुखं यथा गच्छति तथा जीवोऽपि जाग्रत्स्वप्नप्रपञ्चे व्यवहृत्य श्रान्तोऽज्ञानं प्रविश्य स्वानन्दं भुङ्क्ते ॥13॥

अकस्मान्मुद्गरदण्डाद्यैस्ताडितवद्भयाज्ञानाभ्यामिन्द्रियसंघातैः कम्पन्निव मृततुल्या मूर्च्छा भवति ॥14॥

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिमूर्च्छावस्थानामन्याब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं सर्वजीवभयप्रदा स्थूलदेहविसर्जनी मरणावस्था भवति ॥15॥

जब इन्द्रियाँ अपने कर्मों से उपरत हो जाती हैं, तब जाग्रदवस्था के संस्कारों से जो ग्राह्य-ग्राहकरूप अर्धप्रबोध (अर्धभानावस्था) जैसी अवस्था होती है, उसे स्वप्नावस्था कहते हैं। उस अवस्था में वह 'विश्व' ही जाग्रत् अवस्था के व्यवहार के लोप होने पर नाड़ी के मध्य में भ्रमण करता हुआ 'तैजस' का रूप धारण कर लेता है। और वह अपनी वासना के अनुरूप अपने ही तेज से एक विचित्र जगत् की रचना कर लेता है और स्वयं ही अपनी इच्छानुसार भोग करता है। चित्त की एककरणा (एकाग्रता) की अवस्था सुषुप्ति अवस्था होती है। पक्षी जिस तरह भ्रमण से थककर अपने पंखों को समेटकर अपने घोंसले की ओर जाता है, ठीक इसी तरह जीव भी जाग्रत् और स्वप्नावस्था के प्रपंचों से थककर अज्ञान में प्रविष्ट होकर आनन्द लेता है। अचानक गदा या लाठी आदि से मारे जाने पर जिस प्रकार व्यक्ति थर्रा जाता है, उसी प्रकार मूर्च्छा की स्थिति में भी भय और अज्ञान के कारण सभी इन्द्रियाँ कम्पित हो जाती हैं (थर्रा उठती हैं)। यह अवस्था मृत्युतुल्य होती है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-मूर्च्छा इन अवस्थाओं से भिन्न एक अवस्था है, जो ब्रह्मा से लेकर तिनके तक सभी जीवों के लिए भयकारक है। जिसके आने पर स्थूल शरीर का परित्याग करना पड़ता है, वह मरणावस्था है।

कर्मेन्द्रियाणि ज्ञानेन्द्रियाणि तत्तद्विषयान्प्राणान्संहृत्य कामकर्मान्वित अविद्याभूतवेष्टितो जीवो देहान्तरं प्राप्य लोकान्तरं गच्छति। प्राक्कर्मफलपाकेनावर्तान्तरकीटवद्विश्रान्तिं नैव गच्छति ॥16॥

सत्कर्मपरिपाकतो बहूनां जन्मनामन्ते नृणां मोक्षेच्छा जायते। तदा सद्गुरुमाश्रित्य चिरकालसेवया बन्धं मोक्षं कश्चित्प्रयाति ॥17॥

अविचारकृतो बन्धो विचारान्मोक्षो भवति। तस्मात्सदा विचारयेत्। अध्यारोपापवादतः स्वरूपं निश्चयीकर्तुं शक्यते। तस्मात्सदा विचारयेज्जगज्जीवपरमात्मनो जीवभावजगद्भावबाधे प्रत्यगभिन्नं ब्रह्मैवावशिष्यत इति ॥18॥

इति द्वितीयोऽध्यायः।

मृत्यु हो जाने पर कर्मेन्द्रियाँ, ज्ञानेन्द्रियाँ तथा उनके विषय (तन्मात्राएँ) और जो प्राण हैं, उन सब को एकत्र करके कामनाओं और कर्मों से युक्त जीव अविद्या से आवृत होकर अन्य शरीर को प्राप्त करके दूसरे लोक की ओर गमन करता है। पहले किए हुए कर्मों के फलों के उपभोग में फँसे रहने के कारण यह जीव उसी प्रकार शान्ति नहीं पा सकता, जिस तरह भँवर में फँसा हुआ कीड़ा। जब उसके सत्कर्म परिपक्व हो जाते हैं, तब जन्म-जन्मान्तर के बाद मनुष्य को मोक्ष की इच्छा होती है। तब सद्गुरु की शरण में जाकर लम्बे अरसे तक उनकी सेवा करके कोई विरलजन ही बन्धन से छुटकारा पाकर मोक्ष की ओर जाता है। अविचार करने से बन्धन और विचार करने से मोक्ष प्राप्त होता है। इसलिए सदैव विचार-मनन करना चाहिए। अध्यारोप और अपवाद से स्वरूप का निर्णय किया जा सकता है। इसलिए सदैव जगत्-जीव-परमात्मा के विषय में विचार करते रहना चाहिए। जीवभाव और जगद्भाव का निराकरण करने से अपने प्रत्यगात्मा से अभिन्न (जीव से अभिन्न) केवल ब्रह्म ही शेष रह जाता है।

यहाँ दूसरा अध्याय पूर्ण हुआ।

❋

तृतीयोऽध्यायः

अथ हैनं पैङ्गलः पप्रच्छ याज्ञवल्क्यं महावाक्यविवरणमनुब्रूहीति ॥1॥
स होवाच याज्ञवल्क्यस्तत्त्वमसि त्वं तदसि त्वं ब्रह्मास्यहं ब्रह्मास्मीत्यनुसन्धानं कुर्यात् ॥2॥
तत्र पारोक्ष्यशबलः सर्वज्ञत्वादिलक्षणो मायोपाधिः सच्चिदानन्दलक्षणो जगद्योनिस्तत्पदवाच्यो भवति। स एवान्तःकरणसम्भिन्नबोधोऽस्मत्प्रत्ययावलम्बनस्त्वंपदवाच्यो भवति। परजीवोपाधिमायाविद्ये विहाय तत्त्वंपदलक्ष्यं प्रत्यगभिन्नं ब्रह्म ॥3॥

इसके बाद ऋषि पैंगल ने याज्ञवल्क्य ऋषि से पूछा—"मुझे महावाक्यों का विवरण समझाइए।" तब याज्ञवल्क्य ने कहा कि, 'तत्त्वमसि' (वह तुम हो), 'त्वं तदसि' (तुम वही हो), 'त्वं ब्रह्मासि' (तुम ब्रह्म हो) और 'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूँ)—ये महावाक्य हैं। उनमें 'तत्त्वमसि'—इस महावाक्य में 'तत्' पद सर्वज्ञत्वादि लक्षण से युक्त, माया की उपाधिवाले सच्चिदानन्द रूप, जगत् के मूलकारणरूप अव्यक्त ईश्वर का बोधक है। वही ईश्वर अन्तःकरण की उपाधि के कारण भिन्नता का बोध होने से त्वं पद का आधार लेकर प्रकट किया जाता है। ईश्वर की उपाधि माया और जीव की उपाधि अविद्या है। इन दोनों उपाधियों का त्याग कर देने से 'तत्' और 'त्वम्'—दोनों पदों का लक्ष्य (आशय) उस ब्रह्म से है, जो प्रत्यगात्मा से अभिन्न ही है।

तत्त्वमसीत्यहं ब्रह्मास्मीति वाक्यार्थविचारः श्रवणं भवति। एकान्तेन श्रवणार्थानुसन्धानं मननं भवति। श्रवणमननिर्विचिकित्स्येऽर्थे वस्तु-

न्येकतानवत्तया चेतःस्थापनं निदिध्यासनं भवति। ध्यातृध्याने विहाय निवातस्थितदीपवद्ध्येयैकगोचरं चित्तं समाधिर्भवति ॥4॥

'तत्त्वमसि' और 'अहं ब्रह्मास्मि'—इन महावाक्यों पर विचार (चिन्तन) करना 'श्रवण' कहलाता है और श्रवण किए गए अर्थों पर एकान्त में अनुसन्धान करने को 'मनन' कहा जाता है। श्रवण और मनन के द्वारा निश्चित किए गए अर्थरूप पदार्थ में एकाग्रतापूर्वक चित्त को स्थिर करने को 'निदिध्यासन' कहते हैं। जब ध्याता और ध्यान के भाव को छोड़कर चित्तवृत्ति वायुरहित स्थान में रखे हुए दीपक की भाँति स्थिर हो जाती है अर्थात् जब चित्त केवल ध्येय को ही विषय करता है, तब उस अवस्था को 'समाधि' कहा जाता है।

तदानीमात्मगोचरा वृत्तयः समुत्थिता अज्ञाता भवन्ति। ताः स्मरणादनुमीयन्ते। इहानादिसंसारे सञ्चिताः कर्मकोटयोऽनेनैव विलयं यान्ति। ततोऽभ्यासपाटवात्सहस्रशः सदाऽमृतधारा वर्षन्ति। ततो योगवित्तमाः समाधिं धर्ममेघं प्राहुः। वासनाजाले निःशेषममुना प्रविलापिते कर्मसंचये पुण्यपापे समूलोन्मूलिते प्राक्परोक्षमपि करतलामलकवद्वाक्यमप्रतिबद्धापरोक्षसाक्षात्कारं प्रसूयते। तदा जीवन्मुक्तो भवति ॥5॥

उस समाधि अवस्था में आत्मगोचर वृत्तियाँ उत्पन्न होकर अज्ञात हो जाती हैं, जिनका बाद में स्मरण के द्वारा अनुमान किया जा सकता है। संसार में अनादिकाल से संचित करोड़ों कर्म इस अवस्था में ही विनष्ट हो जाते हैं। इसके बाद जब अभ्यास की परिपक्वता प्राप्त हो जाती है, तब सतत ही कई सहस्र धाराओं में सुधा की वर्षा होती रहती है। इसीलिए तो योग को भलीभाँति जानने वाले लोग इसे 'धर्ममेघ' कहते हैं। ऐसी इस समाधि के माध्यम से संपूर्ण वासना-जाल समाप्त हो जाता है। पाप और पुण्य—दोनों प्रकार के संचित कर्म समूल नष्ट हो जाते हैं। ऐसी स्थिति के प्राप्त होने पर पहले जो 'तत्त्वमसि' महावाक्य का तात्पर्य परोक्ष रूप में ही जाना गया था, वह अब हस्तामलकवत्, बिना किसी अवरोध के, अपरोक्ष रूप में स्पष्ट विदित होने लगता है और ब्रह्म का साक्षात्कार होने लगता है। तब योगी जीवन्मुक्त हो जाता है।

ईशः पञ्चीकृतभूतानामपञ्चीकरणं कर्तुं सोऽकामयत। ब्रह्माण्डतद्गतलोकान्कार्यरूपांश्च कारणत्वं प्रापयित्वा ततः सूक्ष्माङ्गं कर्मेन्द्रियाणि प्राणांश्च ज्ञानेन्द्रियाण्यन्तःकरणचतुष्टयं चैकीकृत्य सर्वाणि भौतिकानि कारणे भूतपञ्चके संयोज्य भूमिं जले जलं वह्नौ वह्निं वायौ वायुमाकाशे चाकाशमहङ्कारे च।हङ्कारं महति महदव्यक्तेऽव्यक्तं पुरुषे क्रमेण विलीयते। विराड्हिरण्यगर्भेश्वरा उपाधिविलयात्परमात्मनि लीयन्ते ॥6॥

अब उन पंचीकृत भूतों का फिर से अपंचीकरण करने की ईश्वर ने कामना की (संकल्प किया)। इसलिए उसने ब्रह्माण्ड और उसके लोकों को उनके तत्कालीन कार्यरूप से पुनः कारणरूप में परिवर्तित कर दिया। इसके बाद उसने सूक्ष्मशरीर—कर्मेन्द्रियों, प्राणों, ज्ञानेन्द्रियों और चार अन्तःकरणों को एकीकृत करके समस्त भौतिक पदार्थों को उनके कारणभूत पंचक में संयोजित करके भूमि को जल में, जल को अग्नि में, अग्नि को वायु में और वायु को आकाश में, आकाश को अहंकार में, अहंकार को महत् में, महत् को अव्यक्त में तथा अव्यक्त को पुरुष में क्रमशः विलीन कर दिया। इस प्रकार विराट्, हिरण्यगर्भ और ईश्वर भी उपाधियों के विलीन हो जाने से परमात्मा में विलीन हो जाते हैं।

पञ्चीकृतमहाभूतसम्भवकर्मसञ्चितस्थूलदेहः कर्मक्षयात्सत्कर्मपरिपाक-तोऽपञ्चीकरणं प्राप्य सूक्ष्मेणैकीभूत्वा कारणरूपत्वमासाद्य तत्कारणं कूटस्थे प्रत्यगात्मनि विलीयते। विश्वतैजसप्राज्ञाः स्वस्वोपाधिलया-त्प्रत्यगात्मनि लीयन्ते ॥7॥

पंचीकृत महाभूतों द्वारा निर्मित एवं संचित कर्मों से प्राप्त ऐसा स्थूलदेह, कर्मों के क्षय हो जाने से तथा सत्कर्मों का परिपाक हो जाने से अपंचीकृत हो जाता है। यह देह सूक्ष्मरूप से एकीभूत होकर, अपने कारणरूप को प्राप्त कर अन्त में इस कारण के भी कारण कूटस्थ प्रत्यगात्मा में विलीन हो जाता है। फिर विश्व, तैजस और प्राज्ञ की भी अपनी-अपनी उपाधियों के लय हो जाने से वे सभी प्रत्यगात्मा में विलीन हो जाते हैं।

अण्डं ज्ञानाग्निना दग्धं कारणैः सह परमात्मनि लीनं भवति। ततो ब्राह्मणः समाहितो भूत्वा तत्त्वंपदैक्यमेव सदा कुर्यात्। ततो मेघा-पायेऽशुमानिवात्माऽऽविर्भवति ॥8॥

यह ब्रह्माण्ड अपनी कारण सत्ता के साथ ज्ञानाग्नि में जलकर परमात्मा में विलीन हो जाता है। इस प्रकार ब्रह्मपरायण पुरुष को ब्रह्म में चित्त को समाहित करके सदैव 'तत्' और 'त्वं' पदों का ऐक्य करते रहना चाहिए। इस प्रक्रिया से, जिस तरह मेघों के छँट जाने से सूर्य का प्रकाश स्पष्ट हो जाता है, उसी प्रकार उसको आत्मसाक्षात्कार होने लगता है।

ध्यात्वा मध्यस्थमात्मानं कलशान्तरदीपवत्।
अङ्गुष्ठमात्रमात्मानमधूमज्योतिरूपकम् ॥9॥
प्रकाशयन्तमन्तःस्थं ध्यायेत्कूटस्थमव्ययम्।
ध्यायन्नास्ते मुनिश्चैव चासुप्तेरामृतेस्तु यः ॥10॥
जीवन्मुक्तः स विज्ञेयः स धन्यः कृतकृत्यवान्।
जीवन्मुक्तपदं त्यक्त्वा स्वदेहे कालसात्कृते।
विशत्यदेहमुक्तत्वं पवनोऽस्पन्दतामिव ॥11॥

कलश के अन्दर स्थित दीपक की तरह शरीर (हृदयकमल) में स्थित निर्धूम ज्योतिस्वरूप अंगुष्ठपरिमाण आत्मा का ध्यान करके जो मुनि अन्तःस्थ, प्रकाशयुक्त, कूटस्थ, अव्ययरूप आत्मा का ध्यान सर्वदा सोते समय और मरण के समय में भी करता है, वह जीवन्मुक्त है, वह धन्य है, वह कृतार्थ है, ऐसा समझना चाहिए। जीवन्मुक्तावस्था को छोड़कर जब शरीर कालग्रस्त हो जाता है तब विदेह मुक्ति को पा लेता है। जैसे कि पवन निःस्पन्दता को प्राप्त हो जाता है, वैसे ही वह अदेहावस्था को (मुक्ति को) प्राप्त करता है।

अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथाऽरसं नित्यमगन्धवच्च यत्।
अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं तदेव शिष्यत्यमलं निरामयम् ॥12॥

इति तृतीयोऽध्यायः।

इसके बाद वह शब्दरहित, स्पर्शरहित, रूपरहित, रसहीन, गन्धहीन होकर अव्यय, अनादि, अनन्त, महत् से भी परे ध्रुव, निर्मल और निरामय ब्रह्म ही शेष रहता है।

यहाँ तीसरा अध्याय समाप्त होता है।

❋

चतुर्थोऽध्यायः

अथ हैनं पैङ्गलः पप्रच्छ याज्ञवल्क्यं ज्ञानिनः किं कर्म का च स्थिति-रिति ॥1॥
स होवाच याज्ञवल्क्यः। अमानित्वादिसम्पन्नो मुमुक्षुरेकविंशतिकुलं तारयति। ब्रह्मविन्मात्रेण कुलमेकोत्तरशतं तारयति ॥2॥

बाद में पैंगल ऋषि ने फिर से याज्ञवल्क्य ऋषि से पूछा—"ज्ञानियों के कर्म कौन से होते हैं ? और उनकी स्थिति कैसी होती है ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा कि जो मुमुक्षु अमानित्व आदि गुणों से युक्त होता है, वह अपनी इक्कीस पीढ़ियों को तार देता है और ब्रह्मज्ञानी हो जाने से ही वह अपनी एक सौ एक पीढ़ियों को तार देता है।

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव च।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥3॥
इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।
जङ्गमानि विमानानि हृदयानि मनीषिणः ॥4॥
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्महर्षयः।
ततो नारायणः साक्षाद्धृदये सुप्रतिष्ठितः ॥5॥

तुम अपनी आत्मा को रथ का स्वामी, शरीर को रथ, बुद्धि को सारथि तथा मन को लगाम समझो। इस रथ के घोड़े इन्द्रियों को कहा गया है और विषयों को मार्गरूप कहा गया है (ये घोड़े विषयरूपी मार्ग पर दौड़ते हैं)। परन्तु मनीषियों का हृदय तो विमान की तरह इन सबसे ऊपर उठा हुआ है। ऋषि कहते हैं कि यह आत्मा इन्द्रिय और मन से युक्त होकर भोक्ता बनता है। रथ स्थानीय शरीरासनवाला वास्तव में सर्वप्राणियों के हृदयासन पर बैठा हुआ आत्मा तो साक्षात् नारायण ही है।

प्रारब्धकर्मपर्यन्तमहिनिर्मोकवद्व्यवहरति।
चन्द्रवच्चरते देही स मुक्तश्चानिकेतनः ॥6॥
तीर्थे श्वपचगृहे वा तनुं विहाय याति कैवल्यम्।
प्राणानवकीर्य याति कैवल्यम् ॥7॥
तं पश्चाद्दिग्बलिं कुर्यादथवा खननं चरेत्।
पुंसः प्रव्रजनं प्रोक्तं नेतराय कदाचन ॥8॥

प्रारब्ध कर्मों का क्षय हो जाने तक जीव जैसे साँप अपनी केंचुल बदलता है, वैसे ही अन्य शरीरों को बदलता रहता है, किन्तु अनिकेतन परिव्राजक और मुक्त आत्मा तो आकाश में चन्द्रमा की तरह सर्वत्र घूमता रहता है (स्वतंत्रता से विहार करता है)। ऐसा ज्ञानी पुरुष चाहे तीर्थ में शरीरत्याग करे, चाहे चाण्डाल के घर में प्राण छोड़ दे, तो भी वह सदा कैवल्य को ही प्राप्त होता है। और शरीरत्याग के बाद भी उसके शरीर की चाहे दिशाओं को बलि दे दी जाए (खुले में देह डाल दी जाए) अथवा चाहे जमीन खोद कर उसे गाड़ा जाए, पर वह तो कैवल्य को ही प्राप्त होता है। यह गाड़ने की विधि परिव्राजक संन्यासी के ही लिए है, अन्य के लिए नहीं है।

नाशौचं नाग्निकार्यं च न पिण्डं नोदकक्रिया ।
न कुर्यात्पार्वणादीनि ब्रह्मभूताय भिक्षवे ॥9॥
दग्धस्य दहनं नास्ति पक्वस्य पचनं यथा ।
ज्ञानाग्निदग्धदेहस्य न च श्राद्धं न च क्रिया ॥10॥
यावच्चोपाधिपर्यन्तं तावच्छुश्रूषयेद्गुरुम् ।
गुरुवद्गुरुभार्यायां तत्पुत्रेषु च वर्तनम् ॥11॥

ब्रह्मलीन संन्यासी के निमित्त कोई सूतक नहीं होता, उसका अग्निदाह भी नहीं होता। उसके आत्मा की शान्ति के लिए न कोई तर्पण-विधि, न कोई पिण्डदानादि या पार्वणादि ही करने चाहिए। उसके श्राद्ध की भी कोई जरूरत नहीं होती। जिस प्रकार जले हुए को जलाया नहीं जाता, पके हुए को पकाया नहीं जाता, उसी प्रकार ज्ञानरूपी अग्नि से जले हुए शरीर वाले उसकी श्राद्धादि क्रिया नहीं होती। जब तक सांसारिक उपाधियाँ रहती हैं, तब तक तो गुरु की सेवा-शुश्रूषा करनी चाहिए। और उसी प्रकार से गुरु की तरह ही गुरुपत्नी और गुरु की सन्तानों के प्रति भी सम्मानपूर्ण व्यवहार करना चाहिए।

शुद्धमानसः शुद्धचिद्रूपः सहिष्णुः सोऽहमस्मि सहिष्णुः सोऽहमस्मीति
प्राप्ते ज्ञानेन विज्ञाने ज्ञेये परमात्मनि हृदि संस्थिते देहे लब्धशान्तिपदं गते
तदा प्रभामनोबुद्धिशून्यं भवति ॥12॥

'मैं शुद्ध मानस वाला हूँ, मैं शुद्ध चैतन्यस्वरूप हूँ, सहिष्णु, वह सहिष्णु मैं ही हूँ'—इस प्रकार का ज्ञान जब प्राप्त हो जाता है, तब उस ज्ञानानुभव से तथा ज्ञेयरूप परमात्मा के हृदय में अच्छी तरह से बैठ जाने से देह को जब शान्तिपद की प्राप्ति हो जाती है, तब साधक मन-बुद्धि से शून्य होकर चैतन्यरूप हो जाता है।

अमृतेन तृप्तस्य पयसा किं प्रयोजनम्। एवं स्वात्मानं ज्ञात्वा वेदैः
प्रयोजनं किं भवति। ज्ञानामृततृप्तयोगिनो न किंचित्कर्तव्यमस्ति।
तदस्ति चेन्न स तत्त्वविद्भवति। दूरस्थोऽपि न दूरस्थः पिण्डवर्जितः
पिण्डस्थोऽपि प्रत्यगात्मा सर्वव्यापी भवति ॥13॥

अमृत से तृप्त हो जाने पर दूध की क्या आवश्यकता है ? इसी प्रकार आत्मा को जान लेने पर वेदों का भी भला क्या प्रयोजन है ? ज्ञानरूपी अमृत से तृप्त योगी के लिए कोई भी कार्य शेष नहीं रह जाता। यदि कोई कार्य शेष रह गया समझा जाए, तो वह तत्त्वज्ञानी ही नहीं हो सकता। वह दूर रहता हुआ भी दूर नहीं है, और पिण्ड (देह) में रहता हुआ भी पिण्ड से पृथक् प्रत्यगात्मा है, जो सर्वव्यापक है।

हृदयं निर्मलं कृत्वा चिन्तयित्वाप्यनामयम्।
अहमेव परं सर्वमिति पश्येत्परं सुखम् ॥14॥
यथा जले जलं क्षिप्तं क्षीरे क्षीरं घृते घृतम्।
अविशेषो भवेत्तद्वज्जीवात्म-परमात्मनोः ॥15॥

हृदय को विशुद्ध करके और अपने को, 'मैं अनामय हूँ' 'मैं ब्रह्म हूँ'—इस प्रकार चिन्तन करके 'मैं ही सब कुछ हूँ'—ऐसा सोचने और देखने से परमसुख का अनुभव होता है। जिस प्रकार पानी में पानी और दूध में दूध या घी में घी डाल देने से वे सब एकाकार हो जाते हैं, ठीक उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा—दोनों एक साथ मिलने से अभिन्न (एकाकार, निर्विशेष) ही हो जाते हैं।

देहे ज्ञानेन दीपिते बुद्धिरखण्डाकाररूपा यदा भवति तदा विद्वान्ब्रह्म-
ज्ञानाग्निना कर्मबन्धं निर्दहेत् ॥16॥

ज्ञान के द्वारा देहस्थित अभिमान के नष्ट हो जाने पर तथा बुद्धि के अखण्डाकार हो जाने पर विद्वान् पुरुष ब्रह्मज्ञानरूपी अग्नि से कर्म-बन्धनों को जला डालता है।

ततः पवित्रं परमेश्वराख्यमद्वैतरूपं विमलाम्बराभम्।
यथोदके तोयमनुप्रविष्टं तथात्मरूपो निरुपाधिसंस्थितः ॥17॥
आकाशवत्सूक्ष्मशरीर आत्मा न दृश्यते वायुवदन्तरात्मा।
स बाह्यमभ्यन्तरनिश्चलात्मा ज्ञानोल्कया पश्यति चान्तरात्मा ॥18॥

इसके बाद वह स्वच्छ वस्त्र (आकाश) के समान निर्मल एवं पवित्र अद्वैतरूप परमेश्वर को प्राप्त करके जैसे एक जल दूसरे जल में मिलकर एकाकार हो जाता है, उसी प्रकार अपने आत्मरूप (सत्यस्वरूप) में मिलकर एकरूप हो जाता है। आत्मा आकाश की तरह सूक्ष्म है और वायु की तरह अदृश्य (दिखाई न पड़ने वाली) है। वह बाहर और भीतर में (दोनों ओर) निश्चल है। उसे केवल ज्ञानरूपी मशाल से ही देखा जा सकता है।

यत्र यत्र मृतो ज्ञानी येन वा केन मृत्युना।
यथा सर्वगतं व्योम तत्र तत्र लयं गतः ॥19॥
घटाकाशमिवात्मानं विलयं वेत्ति तत्त्वतः।
स गच्छति निरालम्बं ज्ञानालोकं समन्ततः ॥20॥

ज्ञानी जहाँ कहीं भी और जिस किसी भी प्रकार से मृत्यु प्राप्त करे, वह हर स्थिति में ब्रह्म में ही लय हो जाता है। क्योंकि ब्रह्म तो आकाश के समान सर्वव्यापी ही है। जिस प्रकार घड़े में अवस्थित आकाश महाकाश में लीन हो जाता है, उसी प्रकार तत्त्व को जान लेने वाला योगी भी सभी ओर से उस निरालम्ब और ज्ञानप्रकाशस्वरूप ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है।

तपेद्वर्षसहस्राणि एकपादस्थितो नरः।
एतस्य ध्यानयोगस्य कलां नार्हति षोडशीम् ॥21॥
इदं ज्ञानमिदं ज्ञेयं तत्सर्वं ज्ञातुमिच्छति।
अपि वर्षसहस्रायुः शास्त्रान्तं नाधिगच्छति ॥22॥
विज्ञेयोऽक्षरतन्मात्रो जीवितं वापि चञ्चलम्।
विहाय शास्त्रजालानि यत्सत्यं तदुपास्यताम् ॥23॥
अनन्तकर्म शौचं च जपो यज्ञस्तथैव च।
तीर्थयात्राभिगमनं यावत्तत्त्वं न विन्दति ॥24॥

यदि कोई एक पैर पर खड़ा रहकर हजारों वर्ष तक तपस्या करे, तो भी वह ध्यानयोग की सोलह कलाओं में से एक की बराबरी भी नहीं कर सकता। यदि कोई ज्ञान और ज्ञेय को सम्पूर्णतया जानना

चाहता हो, तो हजार वर्ष की आयुपर्यन्त शास्त्राध्ययन करने पर भी उसका अन्त नहीं प्राप्त कर सकता। मनुष्य को यह जान लेना चाहिए कि केवल अक्षरब्रह्म ही सत्य है। मनुष्य का जीवन चञ्चल है, इसलिए शास्त्रों के जाल (झंझट) को छोड़कर जो सत्य तत्त्व है, उसी की उसे उपासना करनी चाहिए। शौच, जप, तप, तीर्थ, यज्ञ आदि भाँति-भाँति के कर्मों की सार्थकता तभी तक है, जब तक कि उस तत्त्व की प्राप्ति न हो जाए।

अहं ब्रह्मेति नियतं मोक्षहेतुर्महात्मनाम्।
द्वे पदे बन्धमोक्षाय न ममेति ममेति च ॥25॥
ममेति बध्यते जन्तुर्निर्ममेति विमुच्यते।
मनसो ह्युन्मनीभावे द्वैतं नैवोपलभ्यते ॥26॥
यदा यात्युन्मनीभावस्तदा तत्परमं पदम्।
यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र परं पदम् ॥27॥
तत्र तत्र परं ब्रह्म सर्वत्र समवस्थितम्।
हन्यान्मुष्टिभिराकाशं क्षुधार्तः खण्डयेत्तुषम्।
नाहंब्रह्मेति जानाति तस्य मुक्तिर्न जायते ॥28॥

महात्माओं के मोक्ष का हेतु (आधार) निश्चित रूप से 'मैं ब्रह्म हूँ', इस प्रकार की भावना ही है। बन्ध और मोक्ष के कारण ये दो शब्दसमूह ही हैं—'यह मेरा है' यह बन्धकारण है और 'यह मेरा नहीं है' यह मोक्षकारण है। 'मेरा है' यह भाव बन्धन में डालता है और 'मेरा नहीं है' यह भाव मोक्ष प्रदान करता है। जब मन उन्मनी अवस्था को प्राप्त हो जाता है, तब द्वैतभाव समाप्त हो जाता है। जब उन्मनीभाव प्राप्त हो जाता है, तभी परमपद की प्राप्ति होती है। उस अवस्था में जहाँ-जहाँ मन जाता है, वहाँ-वहाँ परमपद हो जाता है। परब्रह्म तो यत्र-तत्र-सर्वत्र विद्यमान ही है। परन्तु जो व्यक्ति यह नहीं जानता कि 'मैं ब्रह्म हूँ' उसकी मुक्ति नहीं होती। जिस प्रकार कोई आकाश में मुष्टि-प्रहार करे अथवा भूखा आदमी चावल प्राप्त करने के लिए भूसी को कूटे तो उसका प्रयास व्यर्थ ही होता है, उसी प्रकार ऐसे (अनधिकारी) व्यक्ति के मुक्तिप्राप्ति का उपाय व्यर्थ ही होता है।

य एतदुपनिषदं नित्यमधीते सोऽग्निपूतो भवति। स वायुपूतो भवति। स आदित्यपूतो भवति। स ब्रह्मपूतो भवति। स विष्णुपूतो भवति। स रुद्रपूतो भवति। स सर्वेषु तीर्थेषु स्नातो भवति। स सर्वेषु वेदेष्वधीतो भवति। स सर्ववेदव्रतचर्यासु चरितो भवति। तेनेतिहासपुराणानां रुद्राणां शतसहस्राणि जप्तानि फलानि भवन्ति। प्रणवानामयुतं जप्तं भवति। दश पूर्वान्दशोत्तरान्पुनाति। स पङ्क्तिपावनो भवति। स महान्भवति। ब्रह्महत्यासुरापानस्वर्णस्तेयगुरुतल्पगमनतत्संयोगिपातकेभ्यः पूतो भवति ॥29॥

जो मनुष्य इस उपनिषद् का नित्य पाठ करता है, वह अग्नि जैसा पवित्र होता है, वह वायु जैसा पवित्र होता है, वह सूर्य जैसा पवित्र हो जाता है, वह ब्रह्मा जैसा पवित्र होता है, वह विष्णु जैसा पवित्र होता है, वह रुद्र जैसा पवित्र होता है, वह सभी तीर्थों में स्नान किया हुआ हो, ऐसा पवित्र होता है, वह सभी वेदों को पढ़ा हुआ-सा हो जाता है, वह सभी वेदों में विहित सभी व्रतादि का करने वाला होता है, वह इतिहास-पुराणादि के अध्ययन का तथा एक लाख रुद्रजप का पुण्य प्राप्त कर लेता है। उसे

दस हजार प्रणवजप का पुण्यफल मिल जाता है। उसकी पहले की दस पीढ़ियाँ तथा बाद की दस पीढ़ियाँ पवित्र हो जाती हैं। वह अपने साथ बैठने वालों को भी पवित्र कर देता है। इससे वह 'पंक्तिपावन' हो जाता है। वह महान् होता है। वह ब्रह्महत्या, मदिरापान, सुवर्ण की चोरी, गुरु-पत्नी-गमन और अनेकानेक महापातक करने वालों की संगति से होने वाले अन्यान्य पातकों से मुक्त होकर पवित्र हो जाता है।

तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम् ॥30॥
तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते। विष्णोर्यत्परमं पदम्। ॐ सत्यमित्युपनिषद् ॥31॥

इति पैङ्गलोपनिषत्समाप्ता।

ज्ञानी लोग विश्वव्यापक भगवान् विष्णु के उस परमपद को द्युलोक में फैले हुए प्रकाश की तरह देखते हैं। विप्रलोग अर्थात् ब्रह्मनिष्ठा में ही जीवन को बिताने वाले आलस्य-प्रमादादि से रहित होकर सदैव श्रेष्ठ कर्म करने वाले जो साधक हैं, वे विष्णु के इस परमपद को (अन्तर्यामी परमेश्वर को) प्राप्त करते हैं। यह बात सत्य है। ऐसी रहस्यमयी यह उपनिषद् विद्या है।

इस प्रकार पैंगलोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं....पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(62) भिक्षुकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस उपनिषद् का सम्बन्ध शुक्लयजुर्वेद से है। इसमें आत्मा के मोक्ष और जगत् के हित के लिए भिक्षाटन के द्वारा जीवन-निर्वाह करने वाले संन्यास धर्म का संक्षेप में किन्तु प्रभावशाली ढंग से वर्णन किया गया है। कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस—इन चार प्रकार के भिक्षुओं के विविध वेश, विविध आचार आदि बताए गए हैं। फिर भी वे सभी मोक्ष की ही इच्छा रखने वाले होते हैं, ऐसा बताया गया है। इसमें परमहंस संन्यासी का महत्त्व बताया गया है। उपनिषद् छोटी होने पर भी विशद है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमिदः पूर्णमिदं.....पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पैंगलोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

ॐ अथ भिक्षूणां मोक्षार्थिनां कुटीचकबहूदकहंसपरमहंसाश्चेति चत्वारः ॥1॥

कुटीचका नाम गौतमभरद्वाजयाज्ञवल्क्यवसिष्ठप्रभृतयोऽष्टौ ग्रासांश्चरन्तो योगमार्गे मोक्षमेव प्रार्थयन्ते ॥2॥

मोक्ष को चाहने वाले भिक्षुओं के चार प्रकार होते हैं—कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस। उनमें कुटीचक भिक्षु गौतम, भारद्वाज, याज्ञवल्क्य और वसिष्ठ ऋषि आदि आठ ग्रास ही भोजन लेकर योगमार्ग के द्वारा (उसके माध्यम से) मोक्ष के लिए प्रयत्न करते हैं।

अथ बहूदका नाम त्रिदण्डकमण्डलुशिखायज्ञोपवीतकाषायवस्त्रधारिणो ब्रह्मर्षिगृहे मधुमांसं वर्जयित्वाऽष्टौ ग्रासान्भैक्षाचरणं कृत्वा योगमार्गे मोक्षमेव प्रार्थयन्ते ॥3॥
अथ हंसा नाम ग्राम एकरात्रं नगरे पञ्चरात्रं क्षेत्रे सप्तरात्रं तदुपरि न वसेयुः। गोमूत्रगोमयाहारिणो नित्यं चान्द्रायणपरायणा योगमार्गे मोक्ष-मेव प्रार्थयन्ते ॥4॥

और बहूदक नामक भिक्षु लोग त्रिदण्ड, कमण्डलु, शिखा (चोटी), यज्ञोपवीत और काषायवस्त्र धारण करते हैं। ये किसी ब्रह्मर्षि के घर में रहते हैं। वे मद्य-मांस को छोड़कर भिक्षाटन के द्वारा प्राप्त आठ ग्रास का ही भोजन करते हैं और योगमार्ग के द्वारा मोक्षानुसन्धान करते हैं। अब जो हंस नामक भिक्षु होते हैं, वे किसी गाँव में एक रात्रि, नगर में पाँच रात्रि और तीर्थस्थल में सात रात्रि से अधिक निवास नहीं करते। वे गोमूत्र और गोमय (गोबर) का ही आहार करते हैं और सदैव चान्द्रायणव्रत के परायण होकर योगमार्ग के द्वारा मोक्ष का अनुसन्धान करते रहते हैं।

अथ परमहंसा नाम संवर्तकारुणिश्वेतकेतुजडभरतदत्तात्रेयशुकवामदेव-हारीतकप्रभृतयोऽष्टौ ग्रासांश्चरन्तो योगमार्गे मोक्षमेव प्रार्थयन्ते। वृक्षमूले शून्यगृहे श्मशानवासिनो वा साम्बरा वा दिगम्बरा वा।.ने तेषां धर्माधर्मौ लाभालाभौ शुद्धाशुद्धौ द्वैतवर्जिता समलोष्टाश्मकाञ्चनाः सर्ववर्णेषु भैक्षाचरणं कृत्वा सर्वत्रात्मैवेति पश्यन्ति। अथ जातरूपधरा निर्द्वन्द्वा निष्परिग्रहाः शुक्लध्यानपरायणा आत्मनिष्ठाः प्राणसंधारणार्थं यथोक्त-काले भैक्षमाचरन्तः शून्यागारदेवगृहतृणकूट वल्मीकवृक्षमूलकुलाल-शालाग्निहोत्रशालानदीपुलिनगिरिकन्दरकुहरकोटरनिर्झरस्थण्डिले तत्र ब्रह्ममार्गे सम्यक्संपन्नाः शुद्धमानसाः परमहंसाचरणेन संन्यासेन देहत्यागं कुर्वन्ति ते परमहंसा नामेत्युपनिषत् ॥5॥

इति भिक्षुकोपनिषत्समाप्ता।

परमहंस नामक भिक्षु संवर्तक, आरुणि, श्वेतकेतु, जडभरत, दत्तात्रेय, शुकदेव, वामदेव और हारीतक की तरह आठ ग्रास भोजन करके योगमार्ग में विचरण करते हुए मोक्ष की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। इन परमहंसों का निवास-स्थान किसी वृक्ष का मूल, कोई सूना घर, अथवा श्मशान होता है। वे कभी वस्त्र पहनते हैं और कभी नहीं भी पहनते। उनके लिए कोई धर्म या अधर्म, कोई लाभ या अलाभ—कुछ भी नहीं होता। द्वैत के सन्दर्भ में उनके लिए कुछ शुभ या अशुभ नहीं होता। वे मिट्टी, सोने या पत्थर में कोई भेदभाव नहीं करते (अर्थात् उनके लिए ये सब समान ही हैं)। सभी वर्णों में वे लोग भिक्षाटन करते हैं। और सर्वत्र अपनी आत्मा का ही दर्शन करते रहते हैं। तुरन्त जन्मे हुए बालक की तरह वे एकदम निर्लेप, निर्विकार (निर्दोष-निर्दश—शुचि-अशुचि की भावना से अतीत) होते हैं। वे परमहंस भिक्षुलोग निर्द्वन्द्व परिग्रहरहित, शुक्लध्यानपरायण, आत्मनिष्ठ जीवन धारण करने की इच्छा से यथाविहित काल में भिक्षाटन करते हुए किसी एकान्त घर, देवस्थल, झोपड़ी, वल्मीक (बाँबी), वृक्षमूल, कुम्हार के घर, यज्ञशाला, नदी-तट, पर्वत की गुफा, टीले, गड्ढे, झरने आदि किसी भी स्थल में निवास करते हैं। ऐसे स्थानों में निवास करते हुए वे अच्छी तरह से आत्मिक विभूतियों से युक्त होकर शुद्ध मन से (निष्ठा से) परमहंस वृत्ति का पालन करके संन्यास द्वारा शरीर को छोड़ देते हैं। इस तरह आचरण करने वाले वे लोग परमहंस कहलाते हैं, ऐसा इस उपनिषद् का अभिमत है।

इस प्रकार भिक्षुकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं.....पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(63) महोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस सामवेदीय उपनिषद् में बड़े-बड़े छः अध्याय हैं। प्रथमाध्याय में सांख्यानुसारी पचीस तत्त्व बताए हैं किन्तु उनके अतिरिक्त एक नारायणरूप नियन्ता को भी सम्मिलित किया गया है। नारायण से शंकर और ब्रह्मा की उत्पत्ति बताकर दूसरे और तीसरे अध्याय मे शुकदेव की कथा कही गई है। इनमें शुकदेव जी की साधना और इस साधना के फलस्वरूप उन्होंने जो आध्यात्मिक अनुभूतियाँ प्राप्त कीं, उनका वर्णन है। जब ऐसी अनुभूतियों से उन्हें शान्ति न मिली, तब वे अपने पिता व्यास जी के पास पहुँचे। व्यास जी से उन्होंने सारी बातें कहीं। तब व्यास जी ने उन्हें तत्त्वोपदेश देकर राजा जनक के यहाँ परितोष प्राप्त करने के लिए भेजा। जनक की कसौटी में वे खरे उतरे। जनक के प्रथम उपदेश से तो उन्होंने प्राप्त की ही प्राप्ति की थी, इसलिए उन्हें पहले तो शान्ति नहीं हुई। बाद में जनक ने जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्ति के बारे में कहा, तब उन्हें शान्ति मिली और वे मेरु-शिखर पर पहुँचकर समाधि में लीन हुए। तीसरे अध्याय से लेकर अन्त तक निदाघ और ऋभु का संवाद चलता है। इन अध्यायों में ऋभु द्वारा निदाघ को बड़ा अच्छा तत्त्वविवेचनात्मक उपदेश दिया गया है। इस कार्यकारणसंघात के बीच में से छानबीन कर आत्मतत्त्व का तारण इसमें प्रदर्शित किया गया है। इस उपदेश में मानो वेदान्त का सारा सागर ही गर्जना कर रहा है।



शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि वाक्प्राणश्चक्षुःश्रोत्रमथोबलमिन्द्रियाणि च सर्वाणि सर्वं ब्रह्मोपनिषदं माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोद-निराकरणं मेऽस्त्वनिराकरणं मेऽस्तु तदात्मनि निरते य उपनिषत्सु धर्मास्ते मयि सन्तु ते मयि सन्तु ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

हे परब्रह्म परमात्मा! हमारे सभी अंग—वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र और सभी इन्द्रियाँ तथा बल परिपुष्ट हों। यह जो सर्वरूप उपनिषत्प्रतिपादित ब्रह्म है, उस ब्रह्म की अवगणना (तिरस्कार) हम न करें और ब्रह्म (भी) हमारा परित्याग न करें। उस (ब्रह्म) के साथ हमारा अटूट सम्बन्ध हो। उपनिषदों में प्रतिपादित जो धर्म हैं, वे सब परमात्मा में रत हममें प्रविष्ट हों, वे सभी हमारे धर्म में हों।

हे परमात्मा! (हमारे) त्रिविध तापों की शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

अथातो महोपनिषदं व्याख्यास्यामः ॥1॥
तदाहुः—एको ह वै नारायण आसीन्न ब्रह्मा नेशानो नापो नाग्नीषोमौ नेमे द्यावापृथिवी न नक्षत्राणि न सूर्यो न चन्द्रमाः ॥2॥

स एकाकी न रमते ॥3॥
तस्य ध्यानान्तःस्थस्य यज्ञस्तोममुच्यते ॥4॥
तस्मिन् पुरुषाश्चतुर्दश जायन्ते एका कन्या दशेन्द्रियाणि मन एकादशं तेजो द्वादशमहंकारस्त्रयोदशकः प्राणश्चतुर्दश आत्मा पञ्चदशी बुद्धिर्भूतानि पञ्च तन्मात्राणि पञ्च महाभूतानि स एकः पञ्चविंशतिः पुरुषः ॥5॥
तत्पुरुषं पुरुषो निवेश्य नास्य प्रधानसंवत्सरा जायन्ते। संवत्सरादधि-जायन्ते ॥6॥

अब हम महोपनिषद् कहेंगे। उसमें प्रथम यह कहा जाता है कि इस सृष्टि के पहले एक नारायण ही थे। ब्रह्मा भी नहीं थे, शंकर भी नहीं थे, जल नहीं था, अग्नि और सोम भी नहीं थे। यह आकाश और पृथ्वी भी नहीं थे। नक्षत्र नहीं थे। चन्द्र न था, सूर्य भी न था। उस समय अकेले नारायण को आनन्द नहीं आया (चैन नहीं पड़ा)। वे ध्यान में बैठकर चिन्तन करने लगे। अतः उनके सामने यज्ञ-समूह उच्चरित हुआ। उसमें चौदह पुरुष जन्मे। एक कन्या जन्मी। दश इन्द्रियाँ, ग्यारहवाँ तेजोरूप मन, बारहवाँ अहंकार, तेरहवाँ प्राण, चौदहवाँ आत्मा और पंद्रहवीं बुद्धि हुई। बाद में पाँच तन्मात्राएँ और पाँच महाभूत उत्पन्न हुए। इस प्रकार वह एक पुरुष पचीस रूप में (विराट् या सूत्रात्मा रूप में) उत्पन्न हुआ। उस पुरुष (सूत्रात्मा या हिरण्यगर्भ) को उसका अधिष्ठाता (नारायण) सृष्टि आदि स्थूल कर्म में स्थापित करके और स्वयं असंग और उदासीन हो गया। 'इतने काल तक वह ऐसा रहता है'—इस तरह के कोई संवत्सर जैसे कालपरिमाण उस समय उत्पन्न नहीं होते। कालपरिमाण तो संवत्सर से ही पैदा होते हैं।

अथ पुनरेव नारायणः सोऽन्यत्कामो मनसा ध्यायत। तस्य ध्यानान्तः-स्थस्य ललाटात् त्र्यक्षः शूलपाणिः पुरुषो जायते। बिभ्रच्छ्रियं यशः सत्यं ब्रह्मचर्यं तपो वैराग्यं मन ऐश्वर्यं सप्रणवा व्याहृतय ऋग्यजुःसामाथ-र्वाङ्गिरसः सर्वाणि छन्दांसि तान्यङ्गे समाश्रितानि। तस्मादीशानो महादेवो महादेवः ॥7॥

बाद में फिर उस नारायण ने एक अन्य कामना की। उन्होंने अपने मन से ध्यान किया। ध्यानस्थ उनके (नारायण के) ललाट से तीन आँखों वाले त्रिशूलधारी पुरुष का जन्म हुआ। वह लक्ष्मी, यश, सत्य, ब्रह्मचर्य, तप, वैराग्य, मन तथा ऐश्वर्य धारण किए हुए था। प्रणवसहित सभी व्याहृतियाँ, ऋक्-यजुष्-साम-अथर्ववेद, सभी छन्द उसके शरीर में विद्यमान थे। अत एव वे ईशान हैं, वे बड़े देव हैं इसलिए वे महादेव हैं।

अथ पुनरेव नारायणः सोऽन्यत्कामो मनसा ध्यायत। तस्य ध्यानान्तः-स्थस्य ललाटात् स्वेदोऽपतत्। ता इमाः प्रतता आपः। ततस्तेजो हिरण्मयमण्डम्। तत्र ब्रह्मा चतुर्मुखोऽजायत ॥8॥

बाद में फिर उन नारायण ने अन्य इच्छा की और मन से ध्यान किया। जब वे ध्यान में बैठे, तब उनके ललाट से पसीना गिर पड़ा। वह जल के रूप में फैल गया। उसमें से तेज पैदा हुआ और एक स्वर्णमय अण्ड उत्पन्न हुआ। उसमें से चार मुख वाले ब्रह्मा उत्पन्न हुए।

सोऽध्यायत्। पूर्वाभिमुखो भूत्वा भूरिति व्याहृतिर्गायत्रं छन्द ऋग्वेदो-ऽग्निर्देवता। पश्चिमाभिमुखो भूत्वा भुव इति व्याहृतिस्त्रैष्टुभं छन्दो

यजुर्वेदो वायुर्देवता । उत्तराभिमुखो भूत्वा स्वरिति व्याहृतिर्जागतं छन्दः
सामवेदः सूर्यो देवता । दक्षिणाभिमुखो भूत्वा मह इति व्याहृतिरानुष्टुभं
छन्दोऽथर्ववेदः सोमो देवता ॥9॥

उत्पन्न होकर उस ब्रह्मा ने पूर्वाभिमुख होकर ध्यान किया कि यह 'भूर्' व्याहति, गायत्री छन्द, ऋग्वेद और अग्निदेव हैं। फिर उन्होंने पश्चिमाभिमुख होकर यह 'भुवर्' व्याहति, त्रैष्टुभ् छन्द, यजुर्वेद और वायुदेव यह है, ऐसा ध्यान किया। फिर उत्तराभिमुख होकर यह 'स्वर्' व्याहति, जाग्रत् छन्द, सामवेद और सूर्यदेव हैं, ऐसा ध्यान किया। फिर दक्षिणाभिमुख होकर यह 'महः' व्याहति, अनुष्टुभ् छन्द और अथर्ववेद तथा चन्द्रदेव हैं, ऐसा ध्यान किया।

सहस्रशीर्षं देवं सहस्राक्षं विश्वशम्भुवम् ।
विश्वतः परमं नित्यं विश्वं नारायणं हरिम् ॥10॥
विश्वमेवेदं पुरुषस्तद्विश्वमुपजीवति ।
पतिं विश्वेश्वरं देवं समुद्रेकं विश्वरूपिणम् ॥11॥

और भी हजारों मस्तकों वाले, हजारों आँखों वाले, जगत् का कल्याण करने वाले, सर्वश्रेष्ठ, नित्य, विश्वरूप, भक्तों के दुःख दूर करने वाले, श्रीनारायण देव का उन्होंने (ब्रह्मा ने) ध्यान किया कि यह सर्वजगत् उस पुरुषमय ही है। उन्हीं के आधार पर यह सारा जगत् टिका हुआ है। जगत् के प्रतिपालक-विश्वेश्वरदेव, प्रत्यगात्मा से अभिन्न होकर ब्रह्मरूप से सम्यक् (योग्य) रीति से ऊपर उठे हुए उन ब्रह्मा ने 'वह मैं ही हूँ'—ऐसा ध्यान किया।

पद्मकोशप्रतीकाशं लम्बत्याकोशसन्निभम् ।
हृदयं चाप्यधोमुखं सन्तत्यै सीत्कराभिश्च ॥12॥
तस्य मध्ये महानर्चिर्विश्वार्चिर्विश्वतो मुखम् ।
तस्य मध्ये वह्निशिखा अणीयोर्ध्वा व्यवस्थिता ॥13॥
तस्याः शिखाया मध्ये पुरुषः परमात्मा व्यवस्थितः ।
स ब्रह्मा स ईशानः सेन्द्रः सोऽक्षरः परमः स्वराट् ॥14॥
इति महोपनिषत् ।

इति प्रथमोऽध्यायः ।

पद्मकोश जैसे प्रकाशित, नीचे की ओर मुखवाला, जो जीवन की सन्तति (सातत्य) के लिए ही लटक रहा है, जो ठण्डे पानी के शीकरों से युक्त है (जिससे जल-बिन्दुओं का स्राव होता रहता है) ऐसा एक हृदय सभी प्राणियों के भीतर प्रतिष्ठित है। ऐसे उस हृदय के बीच में चारों ओर व्याप्त और सभी ओर अपनी ज्वालाएँ फैलाने वाली विशाल वह्निशिखा है। उसके बीच अतिसूक्ष्म सीधी अग्निशिखा है, उसके बीच परमात्मा हैं। वही ब्रह्मा, शंकर, इन्द्र और वही अविनाशी तथा परम स्वयंप्रकाश है—ऐसा यह महोपनिषद् कहती है।

यहाँ पर प्रथम अध्याय समाप्त होता है।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

शुको नाम महातेजाः स्वरूपानन्दतत्परः ।
जातमात्रेण मुनिराड् यत् सत्यं तदवाप्तवान् ॥1॥
तेनासौ स्वविवेकेन स्वयमेव महामनाः ।
प्रविचार्य चिरं साधु स्वात्मनिश्चयमाप्नुयात् ॥2॥
अनाख्यत्वादगम्यत्वान्मनःषष्ठेन्द्रियस्थितेः ।
चिन्मात्रमेवायमणुराकाशादपि सूक्ष्मकः ॥3॥
चिदणोः परमस्यान्तः कोटिब्रह्माण्डरेणवः ।
उत्पत्तिस्थितिमभ्येत्य लीयन्ते शक्तिपर्ययात् ॥4॥

शुकदेव नाम के एक बड़े तेजस्वी मुनिराज सदैव स्वरूपानन्द में तल्लीन रहते थे। वे जन्मे थे तब से ही सत्य पदार्थ जो है उसे प्राप्त कर चुके थे। महामना उन शुकदेव जी ने अपने आप ही स्वयंभू विवेक से दीर्घकाल तक बहुत ही चिन्तन किया। और बाद में इस प्रकार का उत्तम अपने आत्मा के विषय में निश्चय किया था कि मनसहित छहों इन्द्रियों की उपस्थिति से अगम्य और अवर्णनीय होने से यह आत्मा मात्र चैतन्य रूप ही है। वह अणु है अर्थात् आकाश से भी सूक्ष्म है। इस चैतन्यरूप परमाणु के भीतर करोड़ों ब्रह्माण्डरूपी रजकण उत्पत्ति तथा स्थिति को प्राप्त करते रहते हैं। और शक्ति में परिवर्तन हो जाने से उसी चिदणु में लीन हो जाते हैं।

आकाशं बाह्यशून्यत्वादनाकाशं तु चित्त्वतः ।
न किञ्चिद्यदनिर्देश्यं वस्तु सत्तेति किञ्चन ॥5॥
चेतनोऽसौ प्रकाशत्वाद्वेद्याभावाच्छिलोपमः ।
स्वात्मनि व्योमनि स्वस्थे जगदुन्मेषचित्रकृत् ॥6॥
तद्भामात्रमिदं विश्वमिति न स्यात्ततः पृथक् ।
जगद्भेदोऽपि तद्भानमिति भेदोऽपि तन्मयः ॥7॥
सर्वगः सर्वसंबन्धो गत्यभावान्न गच्छति ।
नास्त्यसावाश्रयाभावात् सद्रूपत्वादथास्ति च ॥8॥

वह आत्मतत्त्व बाहर की दृष्टि से शून्य जैसा होने से आकाश है। परन्तु वह तो चिद्रूप है, वह कहीं वास्तविक रूप में आकाश तो नहीं है। 'कुछ है ही नहीं'—इस तरह कहना या बताना तो असंभव ही है, इसलिए कुछ 'सत्ता' रूप तो अवश्य है ही। वह प्रकाशरूप होने से चेतन है पर उसे जानना असंभव होने से शिला जैसा है। अपने आकाशरूप स्वरूप में ही वह जगत् के प्रादुर्भावरूप चित्र अंकित करता है। यह सम्पूर्ण विश्व उसी का प्रकाशमात्र होने के कारण उससे अलग है ही नहीं। जगत् रूप भेद भी तो उसी का भान है क्योंकि भेद भी तो तन्मय (आत्ममय) ही है। वह सभी ओर गति करता है और सभी के साथ सम्बन्ध वाला होता है। सभी के साथ सम्बद्ध होने से उसमें कोई गति नहीं होती, इसलिए वह चलायमान भी नहीं है। वह निरालम्ब है इसलिए वह 'नहीं' है। परन्तु, वह सत्यस्वरूप है इसलिए वह 'है भी तो सही।'

विज्ञानमानन्दं ब्रह्म रातेर्दातुः परायणम् ।
सर्वसंकल्पसंन्यासश्चेतसा यत्परिग्रहः ॥9॥

जाग्रतः प्रत्ययाभावं यस्याहुः प्रत्ययं बुधाः ।
यत्संकोचविकासाभ्यां जगत्प्रलयसृष्टयः ॥10॥
निष्ठा वेदान्तवाक्यानामथ वाचामगोचरः ।
अहं सच्चित्परानन्दब्रह्मैवास्मि न चेतरः ॥11॥

ब्रह्म विज्ञानरूप और आनन्दरूप है। वह जीवन्मुक्तिरूपी धनदाता मनुष्य की गुरु की परमगतिरूप है (गुरु की सार्थकता है)। चित्त के द्वारा सभी संकल्पों का त्याग करना ही परब्रह्म को स्वीकार करना है। विद्वान् लोग कहते हैं कि जागते रहने पर भी बाह्य विषयों का भान न होना ही ब्रह्म का ज्ञान है। उस ब्रह्म के संकोच और विकास से सारी सृष्टि का सर्जन और प्रलय होता है। पहले वेदान्त के वाक्यों पर श्रद्धा उत्पन्न होती है और फिर बाद में 'वाणी का अविषय सत्-चित्-आनन्दस्वरूप परमात्मा मैं ही हूँ, अन्य कोई नहीं' ऐसा अनुभव होता है।

स्वयैव सूक्ष्मया बुद्ध्या सर्वं विज्ञातवान् शुकः ।
स्वयं प्राप्ते परे वस्तुन्यविश्रान्तमनाः स्थितः ॥12॥
इदं वस्त्विति विश्वासं नासावात्मन्युपाययौ ।
केवलं विरामास्य चेतो विषयचापलम् ।
भोगेभ्यो भूरि भङ्गेभ्यो धाराभ्य इव चातकः ॥13॥

यह सब शुकदेव ने अपनी सूक्ष्म बुद्धि से ही जाना था और अपने आप ही परम वस्तु को प्राप्त किया था। परन्तु तो भी उनका चित्त विश्रान्ति (शान्ति) को प्राप्त नहीं कर पाया था। और आत्मा के विषय में उनका विचार 'यह वही आत्मतत्त्व है'—इस तरह निश्चयात्मक रूप से दृढ नहीं हुआ था। केवल उनका विषयचंचल चित्त अब विषयों से रुक गया था और जिस तरह चातक जलधाराओं से विराम को प्राप्त होता है, उस तरह अतिनाशवान् विषयों में से वे विराम को प्राप्त किए हुए थे।

एकदा सोऽमलप्रज्ञो मेरावेकान्तसंस्थितम् ।
पप्रच्छ पितरं भक्त्या कृष्णद्वैपायनं मुनिम् ॥14॥
संसाराडम्बरमिदं कथमभ्युत्थितं मुने ।
कथं च प्रशमं याति कियत् कस्य कदा वद ॥15॥
एवं पृष्टेन मुनिना व्यासेनाखिलमात्मजे ।
यथावदखिलं प्रोक्तं वक्तव्यं विदितात्मना ॥16॥
अज्ञासिषं पूर्वमेवमहमित्यथ तत्पितुः ।
स शुकः स्वकया बुद्ध्या न वाक्यं बहु मन्यते ॥17॥

एक दिन निर्मल बुद्धिवाले शुकदेव जी मेरु पर्वत के ऊपर अकेले ही बैठे थे। वहाँ उन्होंने अपने पिताजी कृष्णद्वैपायन (व्यास) से भक्तिभावपूर्वक पूछा—'हे मुनि ! यह संसाररूपी आडम्बर किस तरह स्थित है ? वह किसका, कितना, कब और किस तरह शान्त होता है, यह बताइए।' उनसे ऐसा पूछे जाने पर उन आत्मज्ञाता व्यास मुनि ने अपने पुत्र से जो कुछ कहने योग्य था वह सब कुछ कह दिया। परन्तु शुकदेव जी ने 'यह तो मैंने पहले से ही जान लिया है'—ऐसा मानकर पिता का कथन अपनी बुद्धि से बहुत नहीं माना।

व्यासोऽपि भगवान् बुद्ध्वा पुत्राभिप्रायमीदृशम् ।
प्रत्युवाच पुनः पुत्रं नाहं जानामि तत्त्वतः ॥18॥
जनको नाम भूपालो विद्यते मिथिलापुरे ।
यथावद्वेत्त्यसौ वेद्यं तस्मात् सर्वमवाप्स्यसि ॥19॥
पित्रेत्युक्तः शुकः प्रायात् सुमेरोर्वसुधातलम् ।
विदेहनगरीं प्राप जनकेनाभिपालिताम् ॥20॥

भगवान् व्यास पुत्र के इस अभिप्राय को समझ गए। उन्होंने फिर से अपने पुत्र से कहा कि—"यह तो मैं अच्छी तरह से जानता नहीं हूँ। मिथिला में जनक नाम का राजा है। वह जाननेयोग्य सब कुछ जानता है। इसलिए उनके पास से तुम सब कुछ जान सकोगे।" पिता ने जब ऐसा कहा तब शुकदेवजी सुमेरु पर्वत से नीचे आए और जनक द्वारा रक्षित मिथिलानगरी में प्रवेश किया।

आवेदितोऽसौ याष्टीकैर्जनकाय महात्मने ।
द्वारि व्याससुतो राजन् शुकोऽत्र स्थितवानिति ॥21॥
जिज्ञासार्थं शुकस्यासावास्तामेवेत्यवज्ञया ।
उक्त्वा बभूव जनकस्तूष्णीं सप्त दिनान्यथ ॥22॥
ततः प्रवेशयामास जनकः शुकमङ्गणे ।
तत्राहानि स सप्तैव तथैवावसदुन्मनाः ॥23॥
ततः प्रवेशयामास जनकोऽन्तःपुराजिरे ।
राजा न दृश्यते तावदिति सप्त दिनानि तम् ॥24॥

शुकदेव मुनि के आगमन पर द्वारपालों ने महात्मा जनक को खबर पहुँचाई कि "महाराज ! व्यासपुत्र शुकदेव जी यहाँ द्वार पर आकर खड़े हैं।" शुकदेव जी की परीक्षा करने के लिए जनक ने अवज्ञापूर्वक कहा कि—'खड़े रहने दो।' ऐसा कहकर वे (जनक) सात दिनों तक कुछ बोले ही नहीं। इसके बाद जनक ने शुकदेव को आँगन में प्रवेश करवाया। परन्तु वहाँ भी उन्होंने (शुकदेवजी ने) सात दिनों तक उसे (राजा को) नहीं देखा। वे उन्मन (संसारविमुख) शुकदेव वैसे ही रहे। बाद में राजा ने उन्हें अन्तःपुर के आंगन में प्रवेश करवाया तो वहाँ पर भी सात दिनों तक उन्होंने राजा को देखा नहीं।

तत्रोन्मदाभिः कान्ताभिर्भोजनैर्भोगसंचयैः ।
जनको लालयामास शुकं शशिनिभाननम् ॥25॥
ते भोगास्तानि भोज्यानि व्यासपुत्रस्य तन्मनः ।
नाजह्रुर्मन्दपवनो बद्धपीठमिवाचलम् ॥26॥
केवलं सुसमः स्वच्छो मौनी मुदितमानसः ।
संपूर्ण इव शीतांशुरतिष्ठदमलः शुकः ॥27॥

तदनन्तर राजा जनक ने वहाँ मदमस्त स्त्रियों, भाँति-भाँति के भोजनों और तरह-तरह के पदार्थों से उन चन्द्र जैसे मुखवाले शुकदेवजी का स्वागत किया। परन्तु उन भोगों ने और भोजनों ने शुकदेवजी के मन को उसी प्रकार चलायमान नहीं किया, जिस प्रकार मन्द-मन्द पवन मजबूत नींव वाले दृढ़ पर्वतो को हिलाने में सक्षम नहीं होता। शुकदेव जी तो अत्यन्त समबुद्धि वाले, समभावी, स्वच्छ, मौनी, प्रसन्नचित्त और पूर्ण चन्द्र की तरह निर्मल ही रहे।

परिज्ञातस्वभावं तं शुकं स जनको नृपः ।
आनीय मुदितात्मानमवलोक्य ननाम ह ॥28॥
निःशेषितजगत्कार्यः प्राप्ताखिलमनोरथः ।
किमीप्सितं तवेत्याह कृतस्वागत आह तम् ॥29॥
संसाराडम्बरमिदं कथमभ्युत्थितं गुरो ।
कथं प्रशममायाति यथावत् कथयाशु मे ॥30॥
यथावदखिलं प्रोक्तं जनकेन महात्मना ।
तदेव यत् पुरा प्रोक्तं तस्य पित्रा महाधिया ॥31॥

इस तरह शुकदेव के स्वभाव की परीक्षा लेने के बाद राजा जनक ने उन्हें अपने समीप बुलाया और आनंदी आत्मा के दर्शन करके उन्हें नमन किया। जिस राजा ने जगत् के सभी कार्य समाप्त कर दिये थे, और जिसके सभी मनोरथ परिपूर्ण हो चुके थे, ऐसे उस राजा ने शुकदेव का स्वागत करके फिर उनसे कहा कि—"आपकी क्या इच्छा है ?" तब शुकदेव ने कहा—"हे गुरो ! यह संसाररूपी आडम्बर किस तरह उत्पन्न हुआ है और यह किस प्रकार से नष्ट होता है ? यह आप मुझे जल्द ही बताइए।" यह सुनकर महात्मा जनक ने उन्हें वे सभी बातें तत्त्वत: बतला दी जो कि उनके (शुकदेव के) महाबुद्धिमान पिता (श्रीव्यास) ने पहले ही कह दिया था।

स्वयमेव मया पूर्वमभिज्ञातं विशेषतः ।
एतदेव हि पृष्टेन पित्रा मे समुदाहृतम् ॥32॥
भवताऽप्येष एवार्थः कथितो वाग्विदां वर ।
एष एव हि वाक्यार्थः शास्त्रेषु परिदृश्यते ॥33॥
मनोविकल्पसञ्जातं तद्विकल्पपरिक्षयात् ।
क्षीयते दग्धसंसारो निःसार इति निश्चितः ॥34॥
तत् किमेतन्महाभाग सत्यं ब्रूहि ममाचलम् ।
त्वत्तो विश्रममाप्नोमि चेतसा भ्रमता जगत् ॥35॥

तब शुकदेवजी ने कहा—"यह सब तो मैंने पहले ही स्वयं जान लिया है। विशेष जानने के लिए मैंने अपने पिताजी से पूछा था, तब उन्होंने भी यही कहा था। और आप भी तो यही अर्थ बतला रहे हैं। हे वक्ताओं में श्रेष्ठ ! यही वाक्य शास्त्रों में भी देखा जा सकता है। परन्तु इसके विषय में मेरे मन में जो संशय है उसका यदि नाश हो, तभी यह जलता हुआ नि:सार संसार नष्ट हो सकता है, ऐसा मेरा निश्चय है। इसलिए हे महाभाग ! यह सब क्या है, इसका उत्तर मुझे निश्चित और सही रूप में बताइए। इस जगत् के विषय में मेरा मन भ्रमित रहता है। परन्तु मुझे आपके द्वारा ही शान्ति प्राप्त होगी।"

शृणु तावदिदानीं त्वं कथ्यमानमिदं मया ।
श्रीशुकं ज्ञान विस्तारं बुद्धिसारान्तरान्तरम् ॥36॥
यद्विज्ञानात् पुमान् सद्यो जीवन्मुक्तत्वमाप्नुयात् ॥37॥

तब जनक ने कहा—हे शुकदेवजी ! मैं अब इस ज्ञान का विस्तार कर रहा हूँ, उसे आप सुनिए। वह बुद्धि के भीतर का और उसके भी भीतर का सत्य है, उस सत्य के भी भीतर का सार है। उसको जानने से मनुष्य तुरन्त ही जीवन्मुक्तता को प्राप्त कर लेता है।

दृश्यं नास्तीति बोधेन मनसो दृश्यमार्जनम् ।
सम्पन्नं चेत्तदुत्पन्ना परा निर्वाणनिर्वृतिः ॥38॥
अशेषेण परित्यागो वासनाया य उत्तमः ।
मोक्ष इत्युच्यते सद्भिः स एव विमलक्रमः ॥39॥
ये शुद्धवासना भूयो न जन्मानर्थभागिनः ।
ज्ञातज्ञेयास्त उच्यन्ते जीवन्मुक्ता महाधियः ॥40॥
पदार्थभावनादार्ढ्यं बन्ध इत्यभिधीयते ।
वासनातानवं ब्रह्मन् मोक्ष इत्यभिधीयते ॥41॥

मन में से यदि 'दृश्य है ही नहीं'—इस प्रकार के ज्ञान से दृश्य बिल्कुल ही साफ (नष्ट) हो जाए तो निर्वाण की परम शान्ति प्राप्त हो जाती है। वासना का सम्पूर्णत: त्याग कर देना ही उत्तम मोक्ष है। और उसी को सत्पुरुष 'निर्मल क्रम' कहते हैं। शुद्ध वासना वाले जो मनुष्य (वासनाओं की जिनमें शुद्धि हो चुकी है ऐसे मनुष्य ही) जन्मरूपी अनर्थ को फिर से प्राप्त नहीं करते। उन्होंने जो कुछ जानने योग्य है, वह जान लिया है। और वे ही परम बुद्धिमान् और जीवन्मुक्त कहे जाते हैं। हे ब्राह्मण ! पदार्थों (विषयों) की और भावना की दृढ़ता ही बन्ध कहलाता है और वासनाओं की कमी (न्यूनता) ही मोक्ष कहलाती है।

तपः प्रभृतिना यस्मै हेतुनैव विना पुनः ।
भोगा इह न रोचन्ते स जीवन्मुक्त उच्यते ॥42॥
आपतत्सु यथाकालं सुखदुःखेष्वनारतः ।
न हृष्यति ग्लायति यः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥43॥
हर्षामर्षभयक्रोधकामकार्पण्यदृष्टिभिः ।
न परामृश्यते योऽन्तः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥44॥
अहंकारमयीं त्यक्त्वा वासनां लीलयैव यः ।
तिष्ठति ध्येयसंत्यागी स जीवन्मुक्त उच्यते ॥45॥

जिसे तप आदि किसी कारण के बिना यों ही भोग अच्छे नहीं लगते, वह जीवन्मुक्त है। यथा समय आ टपकने वाली आपत्तियों में और सुख-दु:ख में जो हर्ष या ग्लानि प्राप्त नहीं करता वह जीवन्मुक्त है। जिसका अन्त:करण हर्ष, खेद, भय, क्रोध, इच्छा और हीनता के दर्शन से किसी भी प्रकार का असर (प्रभाव) प्राप्त नहीं करता, वह जीवन्मुक्त है। अहंकारमय वासना का खेल ही खेल में त्याग कर देने वाला जो मनुष्य अपनी ध्येय वस्तु का भी पूर्ण त्यागी बनकर रहता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

ईप्सितानीप्सिते न स्तो यस्यान्तर्वर्तिदृष्टिषु ।
सुषुप्तिवद्यश्चरति स जीवन्मुक्त उच्यते ॥46॥
अध्यात्मरतिरासीनः पूर्णः पावनमानसः ।
प्राप्तानुत्तमविश्रान्तिर्न किञ्चिदिह वाञ्छति ।
यो जीवति गतस्नेहः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥47॥
संवेद्येन हृदाकाशे मनागपि न लिप्यते ।
यस्यासावजडा संवित् स जीवन्मुक्त उच्यते ॥48॥

रागद्वेषौ सुखं दुःखं धर्माधर्मौ फलाफले ।
यः करोत्यनपेक्ष्यैव स जीवन्मुक्त उच्यते ॥49॥

जिसको अपनी आन्तरिक दृष्टि से कोई इष्ट या अनिष्ट होता ही नहीं है, और जो सुषुप्तावस्था में विद्यमान की तरह व्यवहार करता हो, तो वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो हमेशा अपने आत्मा में ही रमण करता रहता हो और बैठा रहता हो (कर्मत्यागी हो), और पवित्र मनवाला होकर परम विश्रान्ति को प्राप्त हुआ हो, जो इस लोक में कुछ भी चाहता न हो, जो स्नेहरहित (आसक्तिरहित) होकर ही इस जगत् में जी रहा हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो मनुष्य (जागतिक) संवेद्य, पदार्थों द्वारा अपने हृदयाकाश में लेशमात्र भी नहीं लुभाता (लिप्त होता) है, और जिसे इस प्रकार 'चैतन्य संवित्' का ज्ञान हो गया हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। राग, द्वेष, सुख, दुःख, धर्म, अधर्म, फल और अफल की चिन्ता किए बिना ही जो कर्म किया करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

मौनवान् निरहंभावो निर्मानो मुक्तमत्सरः ।
यः करोति गतोद्वेगः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥50॥
सर्वत्र विगतस्नेहो यः साक्षिवदवस्थितः ।
निरिच्छो वर्तते कार्ये स जीवन्मुक्त उच्यते ॥51॥
येन धर्ममधर्मं च मनोमननमीहितम् ।
सर्वमन्तः परित्यक्तं स जीवन्मुक्त उच्यते ॥52॥
यावती दृश्यकलना सकलेयं विलोक्यते ।
सा येन सुष्ठु संत्यक्ता स जीवन्मुक्त उच्यते ॥53॥

मौनधारी, अहंभावरहित, मानरहित, द्वेषरहित और उद्वेगरहित होकर जो कर्म करता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। सभी के ऊपर से जिसकी आसक्ति नष्ट हो गई हो और साक्षीरूप होकर ही जो किसी भी कार्य में अपनी इच्छा न होने पर भी प्रवर्तन करता हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जिसने धर्म, अधर्म, मन, विचार और इच्छा—इन सबको भीतर से ही त्याग दिया हो वह जीवन्मुक्त कहलाता है। इन दृश्य पदार्थों की देखी जाने वाली जितनी संख्या है, उन सभी को जिसने छोड़ दिया हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

कट्वम्ललवणं तिक्तममृष्टं मृष्टमेव च ।
सममेव च यो भुङ्क्ते स जीवन्मुक्त उच्यते ॥54॥
जरा मरणमापच्च राज्यं दारिद्र्यमेव च ।
रम्यमित्येव यो भुङ्क्ते स जीवन्मुक्त उच्यते ॥55॥
धर्माधर्मौ सुखं दुःखं तथा मरणजन्मनी ।
धिया येन सुसंत्यक्तं स जीवन्मुक्त उच्यते ॥56॥
उद्वेगानन्दरहितः समया स्वच्छया धिया ।
न शोचते न चोदेति स जीवन्मुक्त उच्यते ॥57॥

जो मनुष्य कडुए, खट्टे, खारे, तीखे या निःस्वाद खाद्य को समान मानकर ही खाता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। बुढ़ापा, मरण, आपत्ति, राज्य और दरिद्र अवस्था आदि सब कुछ अच्छा ही है, ऐसा मानकर ही जो उन सबको भोगता है, नह जीवन्मुक्त कहा जाता है। धर्म, अधर्म, सुख, दुःख

और मरण तथा जन्म को जिस मनुष्य ने अपनी बुद्धि से छोड़ दिया हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। समभावयुक्त स्वच्छ बुद्धि से उद्वेगरहित तथा आनन्दरहित होकर जो शोक नहीं करता और हर्ष भी नहीं करता वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

सर्वेच्छाः सकलाः शङ्काः सर्वेहाः सर्वनिश्चयाः ।
धिया येन परित्यक्ताः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥58॥
जन्मस्थितिविनाशेषु सोदयास्तमयेषु च ।
सममेव मनो यस्य स जीवन्मुक्त उच्यते ॥59॥
न किञ्चन द्वेष्टि तथा न किञ्चिदपि काङ्क्षति ।
भुङ्क्ते यः प्रकृतान् भोगान् स जीवन्मुक्त उच्यते ॥60॥
शान्तसंसारकलनः कलावानपि निष्कलः ।
यः सचित्तोऽपि निश्चित्तः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥61॥
यः समस्तार्थजालेषु व्यवहार्यपि निःस्पृहः ।
परार्थेष्विव पूर्णात्मा स जीवन्मुक्त उच्यते ॥62॥

सभी इच्छाओं, सभी शंकाओं, सभी चेष्टाओं और सभी निश्चयों को जिसने बुद्धिपूर्वक (समझदारी पूर्वक) छोड़ दिया हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जन्म, स्थिति और विनाश में अथवा उन्नति में और अवनति में जिसका चित्त समान ही रहता हो, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। जो किसी से भी द्वेष नहीं करता, जो कुछ भी चाहता नहीं है और जो प्रस्तुत हुए भोगों को भोग लेता है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। जिस मनुष्य का संसार का ज्ञान चला गया होता है, जो कलाओं से युक्त होने पर भी कलाओं से रहित ही होकर रहता है, और जो चित्तयुक्त होने पर भी चित्तरहित होकर ही रहता है, वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। जो मनुष्य सभी पदार्थों के साथ व्यवहार करता हुआ भी मानों यह सब दूसरों के लिए ही है, इस प्रकार मानते हुए निःस्पृह ही रहकर पूर्णात्मा हो गया हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

जीवन्मुक्तपदं त्यक्त्वा स्वदेहे कालसात्कृते ।
विशत्यदेहमुक्तत्वं पवनोऽस्पन्दतामिव ॥63॥
विदेहमुक्तो नोदेति नास्तमेति न शाम्यति ।
न सन्नासन्न दूरस्थो न चाहं न च नेतरः ॥64॥
ततः स्तिमितगम्भीरं न तेजो न तमस्ततम् ।
अनाख्यमनभिव्यक्तं सत् किञ्चिदवशिष्यते ॥65॥
न शून्यं नापि चाकारो न दृश्यं नापि दर्शनम् ।
न च भूतपदार्थौघसदनन्ततया स्थितम् ॥66॥

(अब विदेहमुक्त की स्थिति बताते हैं—) फिर उस जीवन्मुक्त का देह मृत्यु के वश में आ जाता है। तब 'जीवन्मुक्त' पद का त्याग करके वह मनुष्य जैसे पवन निश्चलता को प्राप्त होता है, उसी तरह विदेहमुक्तता को प्राप्त करता है। फिर वह विदेहमुक्त जन्मता भी नहीं है और मरता भी नहीं है। वह 'सत्' भी नहीं होता, 'असत्' भी नहीं होता, 'मैं' भी नहीं होता, और 'अन्य' भी नहीं होता। तब वह

शान्त-गम्भीर तेज भी तो नहीं होता और न ही वह फैला हुआ अन्धकार ही होता है। तब वह शून्य भी नहीं है, न कोई आकार है, न दृश्य है, न दर्शन है, न भूतों या पदार्थों का कोई समूह है। वह तो केवल अनंत रूप में अवस्थित 'सत्' तत्त्व ही है।

किमप्यव्यपदेशात्मा पूर्णात् पूर्णतराकृतिः।
न सन्नासन्न सदसन्न भावो भावनं न च ॥67॥
चिन्मात्रं चैत्यरहितमनन्तमजरं शिवम्।
अनादिमध्यपर्यन्तं यदनादि निरामयम् ॥68॥
द्रष्टृदर्शनदृश्यानां मध्ये यद्दर्शनं स्मृतम्।
नातः परतरं किञ्चिन्निश्चयोऽस्त्यपरो मुने ॥69॥

इसका स्वरूप किसी भी व्यवहार के लिए नहीं हो सकता। वह केवल पूर्ण से भी पूर्ण आकृति वाला होता है। वह 'सत्' भी नहीं है, 'असत्' भी नहीं है, 'सत्-असत्' भी वह नहीं है। वह कोई 'पदार्थ' भी नहीं है, कोई 'भावना' भी नहीं है। केवल चैतन्यरूप है, वह चैत्य से (विश्व से) रहित है, अनन्त है, जरारहित है, मंगलस्वरूप है, आदि-मध्य-अन्तरहित है, और जो निर्दोष है, वही वह अनादि वस्तु है। हे मुनि! द्रष्टा, दर्शन और दृश्य में जो 'दर्शन' होता है, उससे अधिक कोई श्रेष्ठ नहीं होता। यह तो सर्वोत्कृष्ट निश्चय है।

स्वयमेव त्वया ज्ञातं गुरुतश्च पुनः श्रुतम्।
स्वसंकल्पवशाद्बद्धो निःसंकल्पाद्विमुच्यते ॥70॥
तेन स्वयं त्वया ज्ञातं ज्ञेयं यस्य महात्मनः।
भोगेभ्यो ह्यरतिर्जाता दृश्याद्वा सकलादिह ॥71॥
प्राप्तं प्राप्तव्यमखिलं भवता पूर्णचेतसा।
स्वरूपे पतसि ब्रह्मन् मुक्तस्त्वं भ्रान्तिमुत्सृज ॥72॥
अतिबाह्यं तथा बाह्यमन्तराभ्यन्तरं धियः।
शुक पश्यन्न पश्येस्त्वं साक्षी सम्पूर्णकेवलः ॥73॥

आपने अपने-आप से जो जान लिया है और गुरु के पास से भी सुन लिया है कि अपने संकल्प के वश होने से प्राणी को बन्धन होता है। और संकल्परहित होने से वह मुक्त हो जाता है। आपने अपने-आप से (स्वयं ही) ज्ञेय वस्तु को जान लिया है और इसीलिए आप महात्मा को भोगों के ऊपर एवं सकल दृश्य पदार्थों के ऊपर वैराग्य हो गया है। हे ब्राह्मण! पूर्ण चित्त वाले आपने जो कुछ प्राप्तव्य था, उसे प्राप्त कर लिया है। आप मुक्त हो गए हैं। हे ब्राह्मण! अब आप अपने (निज) स्वरूप में ही प्रकाशित हो रहे हैं। अत: और भ्रान्ति छोड़ दीजिए। आप आत्मस्वरूप ही हो गए हैं। हे शुकदेव! बुद्धि के बाहर का और उससे भी बाहर का तथा भीतर का और भीतर के भी भीतर का तेज देखते हुए भी आप उसे नहीं देखते, क्योंकि आप तो केवल संपूर्ण साक्षी ही हैं।

विशश्राम शुकस्तूष्णीं स्वस्थे परमवस्तुनि।
वीतशोकभयायासो निरीहश्छिन्नसंशयः ॥74॥
जगाम शिखरं मेरोः समाध्यर्थमखण्डितम् ॥75॥
तत्र वर्षसहस्राणि निर्विकल्पसमाधिना।
देशे स्थित्वा शशामासावात्मन्यस्नेहदीपवत् ॥76॥

व्यपगतकलनाकलङ्कशुद्धः स्वयममलात्मनि पावने पदेऽसौ।
सलिलकण इवाम्बुधौ महात्मा विगलितवासनमेकतां जगाम ॥77॥
इति महोपनिषत्।

इति द्वितीयोऽध्यायः।

यह सुनकर शुकदेवजी शान्त हुए और स्वयं के भीतर ही अवस्थित वस्तु में विश्रान्ति को प्राप्त हुए। उनका शोक, भय और भ्रम सब दूर हो गया, सभी इच्छाएँ भी समाप्त हो गईं, सन्देह सब कट गए। वे अखण्ड समाधि के लिए मेरु पर्वत पर चले गए। और उस प्रदेश पर हजारों वर्ष तक निर्विकल्प समाधि में रहकर तैलरहित दीपक की भाँति आत्मस्वरूप में शान्त-विलीन होकर रहे। इस प्रकार वे महात्मा जागतिक पदार्थों के ज्ञानरूप कलंक के दूर हो जाने से विशुद्ध हो गए और जिस तरह जल के बिन्दु पानी में विलीन हो जाते हैं, उसी तरह स्वयं वासनारहित होकर निर्मल और पवित्र आत्मस्वरूप के पद में एकता को प्राप्त हुए। इस प्रकार यह महोपनिषद् कहती है।

यहाँ दूसरा अध्याय समाप्त होता है।

❋

तृतीयोऽध्यायः

निदाघो नाम मुनिराट् प्राप्तविद्यश्च बालकः।
विहृतस्तीर्थयात्रार्थं पित्राऽनुज्ञातवान् स्वयम् ॥1॥
सार्धत्रिकोटितीर्थेषु स्नात्वा गृहमुपागतः।
स्वोदन्तं कथयामास ऋभुं नत्वा महायशाः ॥2॥
सार्धत्रिकोटितीर्थेषु स्नानपुण्यप्रभावतः।
प्रादुर्भूतो मनसि मे विचारः सोऽयमीदृशः ॥3॥
जायते म्रियते लोको म्रियते जननाय च।
अस्थिराः सर्व एवेमे सचराचरचेष्टिताः ॥4॥
सर्वापदां पदं पापा भावा विभवभूमयः।

निदाघ नाम के एक मुनिराज जब बालक थे, तभी सभी विद्याएँ पढ़कर तीर्थयात्रा में निकल पड़े। उनके पिताजी ने ही उन्हें अनमुति दी थी। साढ़े तीन करोड़ तीर्थों में स्नान करके फिर घर पर लौटकर उन महायशस्वी (निदाघ) ने ऋभु को नमस्कार करके अपना सब वृत्तान्त इस प्रकार सुनाया—"साढ़े तीन करोड़ तीर्थों में स्नान करने से जो पुण्य हुआ है, उसके प्रभाव से मेरे मन में ऐसा विचार उत्पन्न हुआ है कि जो जन्म लेते हैं, वे मरते हैं और जो मरते हैं वे फिर जन्म लेते हैं, इस तरह सचराचर की चेष्टाएँ अस्थिर ही होती हैं। वैभवदायक ये सभी पदार्थ पापमय हैं और वे सभी आपत्तियों के उत्पादक स्थानरूप हैं।

अयः शलाकासदृशाः परस्परमसङ्गिनः।
शुष्यन्ते केवला भावा मनःकल्पनयाऽनया ॥5॥
भावेष्वरतिरायाता पथिकस्य मरुष्विव।
शाम्यतीदं कथं दुःखमिति तप्तोऽस्मि चेतसा ॥6॥

चिन्तानिचयचक्राणि नानन्दाय धनानि मे ।
संप्रसूतकलत्राणि गृहाण्युग्रापदामिव ॥17॥
इयमस्मिन् स्थितोदारा संसारे परिपेलवा ।
श्रीर्मुने परिमोहाय साऽपि नूनं न शर्मदा ॥18॥

किसी पेटी में एकत्र की गई लोह-शलाकाओं की तरह परस्पर सम्बन्धरहित अकेले ये पदार्थ सूख जाते हैं इस प्रकार की कल्पनाएँ करते हुए मुझे, जिस तरह किसी यात्रिक को निर्जल प्रदेशो में बेचैनी होती है, उसी प्रकार इन जागतिक पदार्थों के प्रति बेचैनी (घृणा) सी होती है। और मेरा यह दुःख किस तरह से दूर हो, शान्त हो, इस विचार से मैं मन में संतप्त हूँ। चिन्ता के समूहों के स्थान-रूप धनादि मुझे शान्त नहीं बना सकते और सन्तानों के साथ ये स्त्रियाँ भी मानो आपत्तियों के घर ही हों, इस तरह मुझे लग रहा है। हे मुनि ! संसार में रही हुई यह उदार और सुन्दर लक्ष्मी भी चारों ओर मुझे मोह उत्पन्न कर रही है। वह भी निश्चित रूप से कल्याण नहीं दे रही है।

आयुः पल्लवकोणाग्रलम्बाम्बुकण भङ्गुरम् ।
उन्मत्त इव सन्त्यज्य याम्यकाण्डे शरीरकम् ॥19॥
विषयाशीविषासङ्गपरिजर्जरचेतसाम् ।
अप्रौढात्मविवेकानामायुरायासकारणम् ॥10॥
युज्यते वेष्टनं वायोराकाशस्य च खण्डनम् ।
ग्रन्थनं च तरङ्गाणामास्था नायुषि युज्यते ॥11॥
प्राप्यं संप्राप्यते येन भूयो येन न शोच्यते ।
पराया निर्वृतेः स्थानं यत्तज्जीवितमुच्यते ॥12॥

आयुष्य तो वृक्ष के पत्ते पर लटकते हुए पानी के बिन्दु जैसा ही नश्वर है और वह एक पागल की तरह इस शरीर को छोड़कर दक्षिण भाग में चला जाता है। जिनके चित्त विषयोंरूपी साँपों के संग से संक्षुब्ध हो रहे हों और जिनका आत्मविवेक अभी अपरिपक्व ही हो, ऐसे मनुष्यों के लिए तो आयुष्य एक परिश्रम-सा (थकावट का ही कारण) हो जाता है। यदि वायु का भी वेष्टन किया जा सके और यदि आकाश को भी काटा जा सके और यदि तरंगों को भी गूँथा जा सके तो भी इस आयुष्य के ऊपर विश्वास नहीं रखा जा सकता। जिससे प्राप्तव्य सब पाया जा सकता है और फिर शोक करना नहीं पड़ता और जो शान्ति का स्थान बनता है, उसी को तो जीवन कहते हैं।

तरवोऽपि हि जीवन्ति जीवन्ति मृगपक्षिणः ।
स जीवति मनो यस्य मननेनोपजीवति ॥13॥
जातास्त एव जगति जन्तवः साधुजीविताः ।
ये पुनर्नेह जायन्ते शेषा जरठगर्दभाः ॥14॥
भारो विवेकिनः शास्त्रं भारो ज्ञानं च रागिणः ।
अशान्तस्य मनो भारं भारोऽनात्मविदो वपुः ॥15॥

यों तो पेड़ भी जीते तो हैं ही। मृग और पक्षी भी जीते हैं। परन्तु, वास्तविक जीवन तो वही जीता है, कि जिसका मन केवल मन का ही आश्रय लेता है (विषयों का नहीं)। अर्थात् जो विचारशील है। जगत् में वही प्राणी वास्तव में जन्म लिए हुए होते हैं, वे ही उत्तम जीवन वाले होते हैं, जो इस संसार में फिर से जन्म नहीं लेते। शेष तो केवल पेट भरने वाले गधे ही हैं। विवेकी के लिए शास्त्र

सब भाररूप ही हैं, उन्हें शास्त्रों की आवश्यकता नहीं होती। रागयुक्त मनुष्य को ज्ञान भाररूप होता है क्योंकि उसके लिए वह निरुपयोगी है। शान्तिरहित मनुष्य को मन भाररूप होता है और आत्मा को नहीं जानने वाले के लिए शरीर भाररूप ही होता है।

अहंकारवशादापदहंकाराद्दुराधयः ।
अहंकारवशादीहा नाहंकारात् परो रिपुः ॥16॥
अहंकारवशाद्यद्यन्मया भुक्तं चराचरम् ।
तत्तत् सर्वमवस्त्वेव वस्त्वहंकाररिक्तता ॥17॥
इतश्चेतश्च सुव्यग्रं व्यर्थमेवाभिधावति ।
मनो दूरतरं याति ग्रामे कौलेयको यथा ॥18॥
क्रूरेण जडतां याता(तः) तृष्णाभार्याऽनुगामिना ।
वशः कौलेयकेनैव ब्रह्मन् मुक्तोऽस्मि चेतसा ॥19॥

अहंकार के कारण आपत्ति आती है। अहंकार से कष्ट (मानसिक पीड़ाएँ) होता है। अहंकार से इच्छाएँ उत्पन्न होती हैं, इसलिए अहंकार से बड़ा कोई शत्रु नहीं हैं। मैंने अहंकार को रखकर जो-जो उपभोग किया है, वह चराचर सब व्यर्थ ही है (अवस्तु ही है)। अहंकार से राहित्य (अहंकार की विहीनता-अभाव) ही सही वस्तु है। जिस तरह गाँव में कुत्ता इधर-उधर दौड़ता रहता है और बहुत दूर चला जाता है, उसी प्रकार हे ब्राह्मण ! स्त्री का अनुसरण करते हुए क्रूर चित्त से तृष्णा जडवत् बन गई है और कुत्ते जैसे चित्त के कारण मनुष्य पराधीन हो जाता है। इसलिए उससे मैं मुक्त हो गया हूँ।

अप्यब्धिपानान्महतः सुमेरून्मूलनादपि ।
अपि वह्न्यशनाद्ब्रह्मन् विषमश्चित्तनिग्रहः ॥20॥
चित्तं कारणमर्थानां तस्मिन् सति जगत्त्रयम् ।
तस्मिन् क्षीणे जगत् क्षीणं तच्चिकित्स्यं प्रयत्नतः ॥21॥
यां यामहं मुनिश्रेष्ठ संश्रयामि गुणश्रियम् ।
तां तां कृन्तति मे तृष्णा तन्त्रीमिव कुमूषिका ॥22॥
पदं करोत्यलङ्घ्येऽपि तृप्ता विफलमीहते ।
चिरं तिष्ठति नैकत्र तृष्णा चपलमर्कटी ॥23॥

हे ब्राह्मण ! समुद्र को पी जाने से, बड़े मेरु पर्वत को उखाड़ डालने से और अग्नि का भक्षण करने से भी चित्त को वश में लाना बड़ी कठिन बात है। पदार्थों का कारण चित्त ही है। जब चित्त है तभी ये तीन लोक हैं। यदि चित्त क्षीण हो गया, तो जगत् भी नष्ट हो जाएगा। इसलिए प्रयत्नपूर्वक चित्त को वश में लाना चाहिए। हे मुनिश्रेष्ठ ! मैं जिस-जिस गुणलक्ष्मी का आश्रय करता हूँ, उस-उस गुणलक्ष्मी को, जिस तरह चुहिया तार को काट देती है उसी तरह, मेरी तृष्णा काट देती है। अलंघनीय स्थान में भी तृष्णा अपना पैर फँसा देती है और तृप्त होने पर भी विफल चेष्टा करती रहती है। इस तरह चंचल बन्दरी जैसी तृष्णा एक जगह पर स्थिर होकर बैठती ही नहीं है।

क्षणमायाति पातालं क्षणं याति नभः स्थलम् ।
क्षणं भ्रमति दिक्कुञ्जे तृष्णा हृत्पद्मषट्पदी ॥24॥
सर्वसंसारदुःखानां तृष्णैका दीर्घदुःखदा ।

अन्तःपुरस्थमपि या योजयत्यतिसंकटे ॥25॥
तृष्णाविषूचिकामन्त्रश्चिन्तात्यागो हि स द्विज ॥26॥

हृदयकमल की भ्रमरी जैसी यह तृष्णा एक क्षण में पाताल में पहुँच जाती है तो दूसरे क्षण में वह आकाश में पहुँच जाती है और अन्य क्षण में दिशाओंरूपी अरण्यो मे घूमती है। संसार के सभी दुःखों में दीर्घकाल तक दुःख को देने वाली यह तृष्णा ही है। वह हृदयरूपी नगर के भीतर रहने वाले आत्मा को भी संकट में डाल देती है। हे द्विज ! तृष्णारूपी महामारी दूर करने का एकमात्र उपाय चिन्ता से मुक्त हो जाना ही है।

स्तोकेनानन्दमायाति स्नोकेनायाति खेदताम्।
नास्ति देहसमः शोच्यो नीचो गुणविवर्जितः ॥27॥
कलेवरमहंकारगृहस्थस्य महागृहम्।
लुठत्वभ्येतु वा स्थैर्यं किमनेन गुरो मम ॥28॥
पङ्क्तिबद्धेन्द्रियपशुं वल्गत्तृष्णागृहाङ्गणम्।
चित्तभृत्यजनाकीर्णं नेष्टं देहगृहं मम ॥29॥
जिह्वामर्कटिकाक्रान्तवदनद्वारभीषणम्।
दृष्टदन्तास्थिशकलं नेष्टं देहगृहं मम ॥30॥

थोड़े से ही जो आनन्द में आ जाता है और थोड़े से ही जो खिन्न हो उठता है, ऐसे इस देह के समान कोई गुणहीन और शोचनीय अन्य नहीं है। हे गुरो ! शरीर अहंकाररूपी गृहस्थ का बड़ा घर है। वह नष्ट हो या बना रहे, इसकी मुझे कोई चिन्ता नहीं है। यह शरीररूपी घर जिसमें इन्द्रियरूपी पशु पंक्ति बनाकर बँधे हुए हैं, जिसके आँगन में तृष्णा नाचकूद रही है और जो चित्त के संकल्प-विकल्पात्मक नौकर-चाकरों से भरा-पूरा है, ऐसा शरीरगृह मुझे अच्छा नहीं लग रहा है। जीभरूपी मर्कटिका ने मुँह के द्वार को दबा रखा है, इससे दाँत जिसमें हड्डियों के टुकड़ों जैसे भयंकर दीख रहे हैं, ऐसा शरीररूपी घर मुझे अच्छा नहीं लगता।

रक्तमांससमयस्यास्य सबाह्याभ्यन्तरे मुने।
नाशैकधर्मिणो ब्रूहि कैव कायस्य रम्यता ॥31॥
तडित्सु शरदभ्रेषु गन्धर्वनगरेषु च।
स्थैर्यं येन विनिर्णीतं स विश्वसितु विग्रहे ॥32॥
शैशवे गुरुतो भीतिर्मातृतः पितृतस्तथा।
जनतो ज्येष्ठबालाच्च शैशवं भयमन्दिरम् ॥33॥
स्वचित्तबिलसंस्थेन नानाविभ्रमकारिणा।
बलात् कामपिशाचेन विवशः परिभूयते ॥34॥

हे मुनि ! यह शरीर बाहर-भीतर (चारों ओर) रक्त और मांस से ही केवल भरा हुआ है। यह केवल नाशरूप धर्म वाला ही है। कहिए तो ! इसमें कौन-सी सुन्दरता है ? जो पुरुष बिजली के चमकने में और शरद् ऋतु के बादलों में स्थिरता का निर्णय कर सकता हो, और गन्धर्वनगर में स्थिरता देख सकता हो, वह भले ही इस शरीर पर विश्वास करता रहे। बचपन में गुरु का, माता का, पिता का, अन्य लोगों का और अपने से बड़ों का मनुष्य को भय होता है इसलिए बचपन तो भय का घर ही है।

और जवानी में अपने चित्तरूपी बिल में (दर में) अनेक प्रकार के विलास कराने वाला कामरूपी पिशाच बलात् भीतर घुस जाता है। उसके वश में आकर प्राणी पीड़ाएँ सहन करता रहता है।

दासाः पुत्राः स्त्रियश्चैव बान्धवाः सुहृदस्तथा।
हसन्त्युन्मत्तकमिव नरं वार्धककम्पितम् ॥35॥
दैन्यदोषमयी दीर्घा वर्धते वार्धके स्पृहा।
सर्वापदामेकसखी हृदि दाहप्रदायिनी ॥36॥
क्वचिद्वा विद्यते यैषा संसारे सुखभावना।
आखुः स्तम्बमिवासाद्य कालस्तामपि कृन्तति ॥37॥
तृणं पांसुं महेन्द्रं च सुवर्णं मेरुसर्षपम्।
आत्मम्भरितया सर्वमात्मसात्कर्तुमुद्यतः।
कालोऽयं सर्वसंहारी तेनाक्रान्तं जगत्त्रयम् ॥38॥

और बुढ़ापे में जब शरीर काँपने लगता है तब तो नौकर-चाकर, पुत्र, स्त्रियाँ, कुटुम्बीजन और मित्र भी पागल की तरह हँसकर ठट्ठा करते हैं। और वृद्धावस्था में दीनता और दोषों से भरी हुई और सभी आपत्तियों की सखी ऐसी हृदय में दाह करती हुई लम्बी लालसा बढ़ जाया करती है। किसी समय संसार में जो कुछ सुख की भावना उत्पन्न होती है, उसे भी काल उस आयुष्य को गुच्छे की तरह काट डालता है। सबका संहार करने वाला यह काल तृण और धूलिकण को महेन्द्र तथा सुवर्ण और मेरु पर्वत को सरसों का दाना बना देता है। केवल उदरंभरी (मात्र अपना पेट भरने वाला) होने से काल सबको अपने अधीन करने के लिए उद्यत रहता है। उसने तीनों जगतों को दबा रखा है।

मांसपाञ्जालिकायास्तु यन्त्रलोलेऽङ्गपञ्जरे।
स्नाय्वस्थिग्रन्थिशालिन्याः स्त्रियः किमिव शोभनम् ॥39॥
त्वङ्मांसरक्तबाष्पाम्बु पृथक्कृत्वा विलोच(क)ने।
समालोक(च)य रम्यं चेत् किं मुधा परिमुह्यसि ॥40॥
मेरुशृङ्गतटोल्लासिगङ्गाचलरयोपमा।
दृष्टा यस्मिन् मुने मुक्ताहारस्योल्लासशालिता ॥41॥
श्मशानेषु दिगन्तेषु स एव ललनास्तनः।
श्वभिरास्वाद्यते काले लघुपिण्डमिवान्धसः ॥42॥

स्नायु (नसें) एवं अस्थिग्रन्थियों (हड्डियों की गाँठों) से युक्त ये स्त्रियाँ तो मांस की पुतली जैसे शरीरवाली ही हैं। उनका शरीररूपी पिंजरा तो यंत्र की तरह डोल रहा है। इसमें भला क्या सुन्दरता है ? चमड़ी, मांस, लहू और आँसू का पानी—सबको अलग-अलग कर देखो, तो उसमें भला क्या सुन्दर है ? व्यर्थ ही कोई क्यों मोह प्राप्त करता है ? हे मुनि ! जब स्त्री जीवित थी, तब उसके गले में मोती का हार ऐसा शोभित होता था कि लोग उसे मेरुपर्वत के शिखर पर शोभायमान चंचल गंगा-प्रवाह की उपमा दिया करते थे। परन्तु, मरण के बाद उसी स्त्री के स्तन को श्मशान में छोटे अनाज के पिण्ड की तरह कुत्ते चारों दिशाओं में खाते हुए दिखाई पड़ते हैं।

केशकज्जलधारिण्यो दुःस्पर्शा लोचनप्रियाः।
दुष्कृताग्निशिखा नार्यो दहन्ति तृणवन्नरम् ॥43॥

ज्वलतामतिदूरेऽपि सरसा अपि नीरसाः ।
स्त्रियो हि नरकाग्नीनामिन्धनं चारु दारुणम् ॥44॥
कामनाम्ना किरातेन विकीर्णा मुग्धचेतसः ।
नार्यो नरविहङ्गानामङ्गबन्धनवागुराः ॥45॥
जन्मपल्वलमत्स्यानां चित्तकर्दमचारिणाम् ।
पुंसां दुर्वासनारज्जुर्नारी बडिशपिण्डिका ॥46॥

केश और काजल को धारण करने वाली स्त्रियाँ हमारा आँखों को अच्छी तो लगती हैं, परन्तु, वास्तविक रूप में उनका स्पर्श करना दुःखदायी ही है। ऐसी स्त्रियाँ पापरूपी आग की ज्वालाएँ ही हैं। वे पुरुष को एक तिनके की तरह जला देती हैं। स्त्रियाँ स्नेह-रस से युक्त लगती तो हैं, परन्तु वास्तव में वे नीरस हैं। और वे अत्यन्त दूर रहने पर भी नरक रूप जलते हुए अग्नियों में सुन्दर मालूम होते हुए भयंकर ईंधन के समान ही हैं। कामदेवरूपी शिकारी ने पुरुषरूपी पक्षियों के (अपने शिकार के) शरीरों को बाँधने के लिए मुग्ध मनवाली स्त्रियों के रूप में अपनी जाल बिछाई है। पुरुष मानों मछलियाँ हैं। वे मानो जन्मरूपी तालाब में चित्तरूपी कीचड़ में घूमती हैं। उन्हें बींधने के लिए ये स्त्रियाँ मानो काँटों की तरह हैं। और पुरुषों के मन में रही हुई दुर्वासना डोरी (रज्जु) है।

सर्वेषां दोषरत्नानां सुसमुद्गिकयाऽनया ।
दुःखशृङ्खलया नित्यमलमस्तु मम स्त्रिया ॥47॥
यस्य स्त्री तस्य भोगेच्छा निःस्त्रीकस्य क्व भोगभूः ।
स्त्रियं त्यक्त्वा जगत् त्यक्तं जगत् त्यक्त्वा सुखी भवेत् ॥48॥
दिशोऽपि न हि दृश्यन्ते देशोऽप्यन्योपदेशकृत् ।
शैला अपि विशीर्यन्ते शीर्यन्ते तारका अपि ॥49॥
शुष्यन्त्यपि समुद्राश्च ध्रुवोऽप्यध्रुवजीवनः ।
सिद्धा अपि विनश्यन्ति जीर्यन्ते दानवादयः ॥50॥

सभी दोष मानों रत्न हैं। उनका रक्षण करने के लिए स्त्रियाँ मानो सुन्दर मञ्जूषा (पेटी) हैं। और उसमें दुःखरूपी शृंखला बँधी हुई है। ऐसी स्त्री की मुझे किसी भी समय में आवश्यकता नहीं है। जिसके पास स्त्री है, उसको भोगों की इच्छा होती है, पर जो बिना स्त्री का (स्त्रीरहित) होता है, उसके लिए भोगों का स्थान कहाँ है ? स्त्री को छोड़कर जगत् का त्याग हो सकता है और जगत् का त्याग करके ही सुखी हुआ जा सकता है। सब कुछ नाशवान् ही है। दिशाएँ भी नहीं दिखतीं, दूसरों को उपदेश करने वाला देश (स्थान) भी नहीं दिखाई देता। पहाड़ भी शीर्ण-विशीर्ण हो जाते हैं, सागर भी सूख जाते हैं, ध्रुव भी विनाशी जीवन वाला ही है। सिद्धलोग भी नष्ट हो जाते हैं। और दानव आदि भी जीर्ण (नष्ट) हो जाते हैं। (तात्पर्य, सब कुछ विनाशशील ही है।)

परमेष्ठ्यपि निष्ठावान् हीयते हरिरप्यजः ।
भावेऽप्यभावमायाति जीर्यन्ते वै दिगीश्वराः ॥51॥
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च सर्वा वा भूतजातयः ।
नाशमेवानुधावन्ति सलिलानीव वाडवम् ॥52॥
आपदः क्षणमायान्ति क्षणमायान्ति संपदः ।
क्षणं जन्माथ मरणं सर्वं नश्वरमेव तत् ॥53॥

अशूरेण हताः शूरा एकेनापि शतं हतम् ।
विषं विषयवैषम्यं न विषं विषमुच्यते ॥54॥

ब्रह्मा भी विनाशशील है और अजन्मा विष्णु भी नाश को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार सब कुछ नाशवान् ही है, दिक्पाल भी तो मरते ही हैं। जैसे जल वडवानल की ओर ही गति करता है, वैसे ही ब्रह्मा-विष्णु-शंकर, प्राणियों की सभी जातियाँ भी विनाश की ओर दौड़ती ही जाती हैं। एक क्षण में ही आपत्तियाँ आती हैं और क्षणभर में संपत्तियाँ भी आती हैं। उसी प्रकार क्षणभर में ही जन्म होता है और क्षणभर में ही मरण भी होता है। इस तरह सब कुछ नाशवान् ही है। जो वास्तव में शूर नहीं होता उसने कई शूरवीरों को मार दिया हुआ देखा जाता है और कोई अकेला भी सैंकड़ों लोगों को मार देता है। तात्पर्य यह है कि विषयों का परिणाम बहुत विषम होता है। जहर कहा जाने वाला पदार्थ कोई वास्तव में जहर नहीं है। यह विषयों का वैषम्य ही वास्तव में जहर है।

जन्मान्तरघ्ना विषया एकजन्महरं विषम् ।
इति मे दोष दावाग्निदग्धे सम्प्रति चेतसि ॥55॥
स्फुरन्ति हि न भोगाशा मृगतृष्णासरःस्वपि ।
अतो मां बोधयाशु त्वं तत्त्वज्ञानेन वै गुरो ॥56॥
नो चेन्मौनं समास्थाय निर्मानो गतमत्सरः ।
भावयन् मनसा विष्णुं लिपिकर्मार्पितोपमः ॥57॥
इति महोपनिषत् ।

इति तृतीयोऽध्यायः ।

क्योंकि जहर तो एक ही जन्म में मारता है, परन्तु ये विषय तो अन्य जन्मों में भी मारा ही करते हैं। इस कारण से मेरा मन अभी-अभी उस दोषरूपी दावानल से जला करता है। जैसे मृगजल से (मरुमरीचिका के पानी से) भरे दिखाई देने वाले तालाबों में जल की कोई आशा ही नहीं होती, इसी प्रकार मेरे मन में भोगों की कोई भी आशा स्फुरित नहीं होती। इसलिए हे गुरो ! आप मुझे तत्त्वज्ञान का उपदेश दीजिए। यदि आप नहीं देंगे तो मैं मौन धारण करके मान-अपमान से रहित होकर मन से विष्णु का चिन्तन किया करूँगा और चित्रांकित जैसे बना रहूँगा।—इस प्रकार इस उपनिषद् का उपदेश है।

यहाँ पर तीसरा अध्याय पूरा होता है।

❋

चतुर्थोऽध्यायः

निदाघ तव नास्त्यन्यज्ज्ञेयं ज्ञानवतां वर ।
प्रज्ञया त्वं विजानासि ईश्वरानुगृहीतया ।
चित्तमालिन्यसञ्जातं मार्जयामि भ्रमं मुने ॥1॥
मोक्षद्वारे द्वारपालाश्चत्वारः परिकीर्तिताः ।
शमो विचारः संतोषश्चतुर्थः साधुसङ्गमः ॥2॥
एकं वा सर्वयत्नेन सर्वमुत्सृज्य संश्रेयत् ।
एकस्मिन् वशगे यान्ति चत्वारोऽपि वशं गताः ॥3॥

तब ऋभु ने कहा—हे ज्ञानियों में श्रेष्ठ निदाघ ! तुम्हारे लिए अब जानने लायक और कुछ है ही नहीं। क्योंकि ईश्वर के अनुग्रहवाली बुद्धि से तुम सब कुछ जानते ही हो। फिर भी हे मुनि ! चित्त की मलिनता से उत्पन्न हुआ तुम्हारा भ्रम मैं दूर कर देता हूँ। मोक्ष के द्वार पर चार चौकीदार कहे गए हैं। ये हैं—शम, विचार, सन्तोष और चौथा साधु-समागम। सब कुछ छोड़कर उनमें से किसी एक का प्रयत्नपूर्वक आश्रय करके रहना चाहिए। क्योंकि जब एक वश में आ जाता है तो अन्य सब वश में आ जाते हैं।

शास्त्रैः सज्जनसम्पर्कपूर्वकैश्च तपोदमैः।
आदौ संसारमुक्त्यर्थं प्रज्ञामेवाभिवर्धयेत् ॥4॥
स्वानुभूतेश्च शास्त्रस्य गुरोश्चैवैकवाक्यता।
यस्याभ्यासेन तेनात्मा सततं चावलोक्यते ॥5॥

संसार से छुटकारा पाने के लिए पहले तो शास्त्रों और साधुजनों के समागमपूर्वक तपश्चर्या और इन्द्रियविग्रह करके बुद्धि को बढ़ाना चाहिए। अपने अनुभव से, शास्त्रों के अभ्यास से और गुरु जो कुछ एक वाक्य कहें, उसका निरन्तर अभ्यास करने से आत्मा के दर्शन किए जा सकते हैं।

संकल्पाशाऽनुसन्धानवर्जनं चेत् प्रतिक्षणम्।
करोषि तदचित्तत्वं प्राप्त एवासि पावनम् ॥6॥
चेतसो यदकर्तृत्वं तत् समाधानमीरितम्।
तदेव केवलीभावं सा शुभा निर्वृतिः परा ॥7॥
चेतसा संपरित्यज्य सर्वभावात्मभावनाम्।
यथा तिष्ठसि तिष्ठ त्वं मूकान्धबधिरोपमः ॥8॥
सर्वं प्रशान्तमजमेकमनादिमध्य-
माभास्वरं स्वदनमात्रमचैत्यचिह्नम्।
सर्वं प्रशान्तमिति शब्दमयी च दृष्टि-
र्बाधार्थमेव हि मुधैव तदोमितीदम् ॥9॥

यदि प्रतिक्षण ही संकल्पों और आशाओं के अनुसन्धान को तुम छोड़ते ही रहते हो, तब तो तुम पवित्र होकर चित्तरहित स्थिति को प्राप्त किए हुए ही हो, इसमें किसी भी प्रकार का संशय नहीं हो सकता। चित्त का जो कर्तृत्व से हीन (शून्य) होने का भाव है, वही समाधान कहलाता है। वही कैवल्यप्राप्ति है और वही शुभ निर्वाण है। सभी प्रकार के पदार्थों में आत्मभावना को चित्त में से छोड़कर जैसे रहा जाता है, वैसे मूक की तरह, बधिर की तरह और अन्धे की तरह तुम इस जगत् में रहो। सब अत्यन्त शान्त, जन्मरहित, एक, अद्वितीय, आदि-मध्य-अन्तरहित, चारों ओर प्रकाशमान, केवल आस्वादरूप है, जगत् का कोई भी चिह्न उसमें नहीं दिखाई देता। 'यह सब अत्यन्त शान्त है'—ऐसा जो शब्दप्रयोग (वाणी के माध्यम से) किया जाता है, वह भी तो केवल बाध के लिए ही शब्दमय दृष्टि है, इसलिए वह बिल्कुल झूठी ही है। वास्तव में तो यह सब ओंकाररूपी ही है।

सर्वं किञ्चिदिदं दृश्यं दृश्यते चिज्जगद्गतम्।
चिन्निष्पन्दांशमात्रं तन्नान्यदस्तीति भावय ॥10॥
नित्यप्रबुद्धचित्तस्त्वं कुर्वन् वाऽपि जगत्क्रियाम्।
आत्मैकत्वं विदित्वा त्वं तिष्ठाक्षुब्धमहाब्धिवत् ॥11॥

तत्त्वावबोध एवासौ वासनातृणपावकः।
प्रोक्तः समाधिशब्देन न तु तूष्णीमवस्थितिः ॥12॥
निरिच्छे संस्थिते रत्ने यथा लोकः प्रवर्तते।
सत्तामात्रे परे तत्त्वे तथैवायं जगद्गणः ॥13॥

यह सब जगत् जो दिखाई देता है, वह सब कुछ चैतन्य में ही अवस्थित है और वह केवल चैतन्य का ही निष्क्रिय अंश है। चैतन्य के अतिरिक्त कुछ है ही नहीं। ऐसा तुम चिन्तन किया करो। नित्यबोध को प्राप्त किए हुए चित्तवाले तुम आत्मा की एकता को जान-पहचान कर शान्त महासागर जैसे ही रहो, फिर भले ही जगत् की क्रियाओं में परिवर्तन हुआ करते हों। केवल तत्त्वज्ञान ही वासनारूपी घास को जलाने में अग्नि समान होता है और वही 'समाधि' शब्द के द्वारा कहा जाता है। गूँगा रहकर बैठे रहना कोई समाधि नहीं है। यों ही कहीं पड़े हुए रत्न को अपना प्रकाश कहीं बिखेरने की इच्छा तो नहीं होती, फिर भी उसमें से प्रकाश तो निकलता ही रहता है, उसी तरह परमतत्त्व केवल 'सत्ता' के रूप में ही अवस्थित रहता है फिर भी उसमें से जगत् का उद्भव हुआ ही करता है।

अतश्चात्मनि कर्तृत्वमकर्तृत्वं च वै मुने।
निरिच्छत्वादकर्ताऽसौ कर्ता सन्निधिमात्रतः ॥14॥
ते द्वे ब्रह्मणि विन्देते कर्तृताऽकर्तृते मुने।
यत्रैवैष चमत्कारस्तमाश्रित्य स्थिरो भव ॥15॥
तस्मान्नित्यमकर्ताऽहमिति भावनयेद्धया।
परमामृतनाम्नी सा समतैवावशिष्यते ॥16॥

हे मुनि ! इसी हेतु से आत्मा में कर्तृत्व और अकर्तृत्व दोनों माने गए हैं। वह इच्छारहित है इसलिए वह अकर्ता है, और मात्र समीप होने से वह कर्त्ता भी है। हे मुनि ! ब्रह्म में कर्तापन भी है और अकर्तापन भी है ऐसा समझना चाहिए। दोनों में से जिसमें चमत्कार मालूम हो, वहाँ पर आश्रय करके स्थिर हो जाओ। अतः 'मैं नित्य अकर्ता ही हूँ' ऐसी भावना प्रदीप्त होने पर समता की भावना अवशिष्ट होती है (फलीभूत होती है)। वह भावना ही 'अमृता' कहलाती है।

निदाघ शृणु सत्त्वस्था जाता भुवि महागुणाः।
ते नित्यमेवाभ्युदिता मुदिताः ख इवेन्दवः ॥17॥
नापदि ग्लानिमायान्ति निशि हेमाम्बुजं यथा।
नेहन्ते प्रकृतादन्यद्रमन्ते शिष्टवर्त्मनि ॥18॥
आकृत्यैव विराजन्ते मैत्र्यादिगुणवृत्तिभिः।
समाः समरसाः सौम्य सततं साधुवृत्तयः ॥19॥
अब्धिवद्धृतमर्यादा भवन्ति विशदाशयाः।
नियतिं न विमुञ्चन्ति महान्तो भास्करा इव ॥20॥

हे निदाघ, जो आत्मस्थ महागुणशाली लोग यहाँ जन्म लेते हैं, उनके विषय में तुम सुनो। वे लोग आकाश में उदित हुए चन्द्र जैसे ही सदा निर्मल होते हैं। हे सोम्य ! सुवर्ण का कमल रात्रि में भी जिस तरह कभी धुँधला या मुरझा नहीं जाता, उसी तरह उत्तम वृत्तिवाले पुरुष आपत्ति में भी उद्विग्न नहीं होते। प्रस्तुत प्रसंग के अतिरिक्त वे कुछ चाहते भी नहीं हैं। सज्जनों के मार्ग में वे रमण करते हैं। वे अपनी आकृति से ही शोभित हो जाते हैं। वे मैत्री-करुणा-मुदिता-उपेक्षा के गुणों की वृत्ति से

सर्वत्र समान भाववाले और समान रसवाले होते हैं। वे महापुरुष समुद्र की तरह मर्यादा को निभाते हैं। वे निर्मल आशय वाले होते हैं। वे सूर्य की तरह अपनी नियमितता को कभी छोड़ते नहीं हैं।

कोऽहं कथमिदं चेति संसारमलमाततम्।
प्रविचार्यं प्रयत्नेन प्राज्ञेन सह साधुना ॥21॥
नाकर्मसु नियोक्तव्यं नानार्येण सहावसेत्।
द्रष्टव्यः सर्वसंहर्ता न मृत्युरवहेलया ॥22॥
शरीरमस्थिमांसं च त्यक्त्वा रक्ताद्यशोभनम्।
भूतमुक्तावलीतन्तुं चिन्मात्रमवलोकयेत् ॥23॥
उपादेयानुपतनं हेयैकान्तविसर्जनम्।
यदेतन्मनसो रूपं तद्बाह्यं विद्धि नेतरत् ॥24॥
गुरुशास्त्रोक्तमार्गेण स्वानुभूत्या च चिद्घने।
ब्रह्मैवाहमिति ज्ञात्वा वीतशोको भवेन्मुनिः ॥25॥

बुद्धिमान मनुष्य को चाहिए कि वह किसी सज्जन के साथ बैठकर प्रयत्नपूर्वक सदा यह विचार किया ही करे कि 'मैं कौन हूँ ?' और 'यह संसाररूपी मलिनता कैसे आकर फैल गई है ?' बुद्धिमान मनुष्य को कभी किसी अकर्म के साथ अपने को जोड़ना नहीं चाहिए। किसी अनार्य के साथ कभी बसना नहीं चाहिए। और सर्वसंहारक मृत्यु के प्रति उपेक्षाभाव से नहीं देखना चाहिए। हड्डी, मांस, लहू आदि से अपवित्र बने हुए देह का त्याग करके, जिस प्रकार मोती की माला में सूत्र अनस्यूत होता है, वैसे ही सभी प्राणियों में चैतन्य का ही अनुस्यूत रूप से दर्शन करना चाहिए। यह बाह्य रूप जो है वह हमें ग्रहण करने योग्य लगता है, वह मानो अपना ग्रहण करवाने के लिए हमारे पीछे पड़ा हुआ है, परन्तु वास्तव में तो वह त्याग करने लायक ही है। यह बाह्यरूप और कुछ नहीं, केवल हमारा मन ही है, ऐसा मानना चाहिए। गुरु और शास्त्र के द्वारा कथित मार्ग पर तथा अपने अनुभवों पर आधार रखकर केवल चैतन्य में ही 'मैं ब्रह्म हूँ'—ऐसी भावना (ज्ञान) कर के मुनि को शोकरहित होना चाहिए।

यत्र निशितासिशतपातनमुत्पलताडनवत्सोढव्यम्, अग्निदाहो हिमसेचनमिव, अङ्गारावर्तनं चन्दनचर्चेव, निरवधिनाराचविकिरपातो निदाघविनोदनधारागृहशीकरवर्षणमिव, स्वशिरश्छेदः सुखनिद्रेव, मूकीकरणमाननमुद्रेव, बाधिर्यं महानुपचय इवेदं नावहेलनया भवितव्यम्, एवं दृढवैराग्याद्बोधो भवति ॥25-1॥

हे निदाघ ! तीक्ष्ण तलवार के सैंकड़ों प्रहार यदि हों, तो उन्हें कमलप्रहार मान कर सहन करना चाहिए। अग्नि के दाह को भी उसी तरह शीतल सिंचन मानना चाहिए। जलते हुए अंगारे का छूना भी चन्दनलेप के समान मानना चाहिए। अनेक बाणों की वर्षा को भी शान्तिदायक फव्वारे की तरह (फव्वारे के जल-बिन्दुओं के वर्षण के समान) मानना चाहिए। किसी के द्वारा मस्तक के काटे जाने पर उसे सुखपूर्ण निद्रा मानना चाहिए। यदि कोई मुख बन्द कर दे तो उसे 'आननमुद्रा' समझ लेना चाहिए। यदि कोई बधिर बना दे तो उसे बड़ी उन्नति समझना चाहिए। परन्तु उसके प्रति तिरस्कार-दृष्टि नहीं रखनी चाहिए। ऐसे दृढ वैराग्य से ज्ञान उत्पन्न होता है।

गुरुवाक्यसमुद्भूतस्वानुभूत्यादिशुद्धया।
यस्याभ्यासेन तेनात्मा सततं चावलोक्यते ॥26॥
विनष्टदिग्भ्रमस्यापि यथापूर्वं विभाति दिक्।
तथा विज्ञानविध्वस्तं जगन्नास्तीति भावय ॥27॥
न धनान्युपकुर्वन्ति न मित्राणि न बान्धवाः।
न कायक्लेशवैधुर्यं न तीर्थायतनाश्रयः।
केवलं तन्मनोमात्रमयेनासाद्यते पदम् ॥28॥

गुरु के वाक्यों से उत्पन्न हुए स्वानुभव से और अन्य विशुद्धियों के साथ अभ्यास सतत करते रहने से आत्मा के दर्शन किए जा सकते हैं। किसी मनुष्य को यदि दिशाभ्रम हो गया हो और बाद में उसके हट जाने से जैसे उसे पहले की ही तरह दिशाएँ दिखाई देती हैं, ठीक उसी प्रकार जब विज्ञान के द्वारा जगत् का नाश होता है, तब तुम 'जगत् है ही नहीं'—ऐसा जान सकोगे। अर्थात् तब तुम्हें आत्मदर्शन होगा। परमपद को प्राप्त करने में धन, मित्र, बान्धव, शरीर का क्लेश, शरीर का सुख और तीर्थस्थानों का सेवन—ये सब किसी भी काम के नहीं हो सकते। मन को केवल तन्मय बनाने से ही इस परमपद को प्राप्त किया जा सकता है।

यानि दुःखानि या तृष्णा दुःसहा ये दुराधयः।
शान्तचेतःसु तत् सर्वं तमोऽर्केष्विव नश्यति ॥29॥
मातरीव परं यान्ति विषमाणि मृदूनि च।
विश्वासमिह भूतानि सर्वाणि शमशालिनि ॥30॥
न रसायनपानेन न लक्ष्म्यालिङ्गितेन च।
न तथा सुखमाप्नोति शमेनान्तर्यथा जनः ॥31॥

जिन मनुष्यों के मन शान्त हो गए होते हैं, उनके दुःख, उनकी दुःसह तृष्णा और दुष्ट मानसिक पीड़ाएँ—ये सब, जैसे सूर्य के दर्शनमात्र से अन्धकार नष्ट हो जाता है, वैसे ही नष्ट हो जाते हैं। क्रूर और सोम्य—दोनों स्वभाव वाले प्राणी इस शमयुक्त मनुष्य पर ऐसा परम विश्वास रखते हैं जैसे मनुष्य अपनी माता पर विश्वास रखता है। मनुष्य शम के द्वारा जैसा सुख प्राप्त कर सकता है, ऐसा सुख किसी रसायन के पीने से या लक्ष्मी के आलिंगन से नहीं प्राप्त किया जा सकता।

श्रुत्वा स्पृष्ट्वा च भुक्त्वा च दृष्ट्वा ज्ञात्वा शुभाशुभम्।
न हृष्यति ग्लायति यः स शान्त इति कथ्यते ॥32॥
तुषारकरबिम्बाच्छं मनो यस्य निराकुलम्।
मरणोत्सवयुद्धेषु स शान्त इति कथ्यते ॥33॥
तपस्विषु बहुज्ञेषु याजकेषु नृपेषु च।
बलवत्सु गुणाढ्येषु शमवानेव राजते ॥34॥

जो मनुष्य किसी भी शुभ या अशुभ को सुनकर, छूकर, भोगकर, देखकर या जानकर न तो हर्षित होता है, न वह ग्लानि को ही प्राप्त करता है, वह शान्त कहा जाता है। मरण में, उत्सव में अथवा युद्ध में भी जिस मनुष्य का चित्त चन्द्र के बिम्ब जैसा स्वच्छ और व्यग्रतारहित रहता हो, वह शान्त कहलाता है। जो लोग तपस्वी हैं, बहुत ज्ञानी हैं, यज्ञ करने-कराने वाले हैं, राजा हैं, बलवान हैं, गुणवान हैं, उन सभी में शम गुण वाला ही अधिक प्रकाशित होता है।

सन्तोषामृतपानेन ये शान्तास्तृप्तिमागताः ।
आत्मारामा महात्मानस्ते महापदमागताः ॥35॥
अप्राप्तं हि परित्यज्य सम्प्राप्ते समतां गतः ।
अदृष्टखेदाखेदो यः सन्तुष्ट इति कथ्यते ॥36॥
नाभिनन्दत्यसम्प्राप्तं प्राप्तं भुङ्क्ते यथेप्सितम् ।
यः स सौम्यसमाचारः सन्तुष्ट इति कथ्यते ॥37॥
रमते धीर्यथाप्राप्ते साध्वीवान्तःपुराजिरे ।
सा जीवन्मुक्ततोदेति स्वरूपानन्ददायिनी ॥38॥

जो महात्मा लोग संतोषरूपी अमृत को पीकर तृप्त हो गए हों, और अपने आत्मा में ही रमण करने वाले हों, वे महापद को प्राप्त कर ही चुके हैं। जिस मनुष्य ने अप्राप्त को (नहीं मिले हुए पदार्थ को) छोड़ दिया हो, अर्थात् जो वस्तु नहीं मिली है, उसे प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का प्रयत्न ही नहीं किया है और प्राप्त वस्तु में जिसका समभाव हो (हर्ष या शोक कुछ न हो) और जिसने हर्ष या शोक कभी देखा ही न हो, वह सन्तुष्ट कहा जाता है। जो मनुष्य अप्राप्त वस्तु को प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार की आतुरता न रखता हो और प्राप्त वस्तु को इच्छानुसार (योग्य रीति से) भोगता हो, और जिसका आचार सौम्य और शिष्ट हो, वह संतुष्ट कहलाता है। अन्तःपुर के आंगन में जैसे पतिव्रता स्त्री आनन्दित रहती है, उसी प्रकार यदृच्छाप्राप्त में जिसकी बुद्धि प्रसन्न रहती है, उसी में स्वरूपानन्ददायिनी ऐसी जीवन्मुक्तता का उदय होता है।

यथाक्षणं यथाशास्त्रं यथादेशं यथासुखम् ।
यथासंभवसत्सङ्गमिमं मोक्षपथक्रमम् ।
तावद्विचारयेत् प्राज्ञो यावद्विश्रान्तमात्मनि ॥39॥
तुर्यविश्रान्तियुक्तस्य निवृत्तस्य भवार्णवात् ।
जीवतोऽजीवतश्चैव गृहस्थस्याथवा यतेः ॥40॥
नाकृतेन कृतेनार्थो न श्रुतिस्मृतिविभ्रमैः ।
निर्मन्दर इवाम्भोधिः स तिष्ठति यथास्थितः ॥41॥

समय के अनुसार और शास्त्रों के अनुसार तथा देश के अनुसार जिस प्रकार से सुख हो, इस प्रकार से वर्तन करना चाहिए, और यथासंभव सत्संग भी करना चाहिए। यह मोक्षमार्ग का क्रम है। जहाँ तक आत्मा में विश्रान्ति (शान्ति) हो जाए, वहाँ तक बुद्धिमान मनुष्य को आत्मतत्त्व का विचार करते रहना चाहिए। परन्तु जिसको तुरीय अवस्था रूप विश्रान्ति मिल चुकी हो और संसारसागर से जो निवृत्त हो गया हो, ऐसे मनुष्य को जीते या मरते, गृहस्थ जीवन में या संन्यासी जीवन में वेदोक्त कर्तव्य या धर्मशास्त्रोक्त कर्तव्य करने से या नहीं करने से कोई फल प्राप्त नहीं होता। वह तो मन्दराचलरहित सागर की तरह (क्षुब्ध हुए बिना ही) अपनी जैसी मूल स्थिति है, उसी में सदा रहता है (ज्ञानी के लिए कुछ भी करने या न करने का है ही नहीं)।

सर्वात्मवेदनं शुद्धं यदोदेति तदात्मकम् ।
भाति प्रसृतिदिक्कालबाह्यं चिद्रूपदेहकम् ॥42॥
एवामात्मा यथा यत्र समुल्लासमुपागतः ।
तिष्ठत्याशु तथा तत्र तद्रूपश्च विराजते ॥43॥

तुम्हें जब, 'यह सब आत्मा ही है'—ऐसा ज्ञान (शुद्ध अनुभवजन्य ज्ञान) प्राप्त होगा, तब तुम्हारा अपना देह भी तुम्हें देश-काल-दिशाओं आदि से बाहर ही दिखेगा। देशकालातीत चैतन्यरूप ही दिखाई देगा। जब ऐसा आत्मस्वरूप प्रस्फुटित हो जाता है, तब तुरन्त उसी स्वरूप में मनुष्य प्रकाशित हो उठता है।

यदिदं दृश्यते सर्वं जगत् स्थावरजङ्गमम् ।
तत् सुषुप्ताविव स्वप्नः कल्पान्ते प्रविनश्यति ॥44॥
ऋतमात्मा परं ब्रह्म सत्यमित्यादिका बुधैः ।
कल्पिता व्यवहारार्थं यस्य संज्ञा महात्मनः ॥45॥
यथा कटकशब्दार्थः पृथग्भावो न काञ्चनात् ।
न हेम कटकात्तद्वज्जगच्छब्दार्थता परा ॥46॥

यह सचराचर जगत् जो दिखाई दे रहा है, वह सब सुषुप्ति में आए हुए स्वप्न की भाँति सृष्टि के अन्त में संपूर्ण रूप से नष्ट हो जाता है। ऋत, आत्मा, परब्रह्म, सत्य आदि महान् आत्मा की जो संज्ञाएँ हैं, वे तो केवल व्यवहार के लिए ही पंडितों के द्वारा कल्पित की गई हैं। जैसे 'कङ्कण' इस शब्द का अर्थ सोने से कोई अलग नहीं होता और 'कङ्कण' कोई सोने से अलग पदार्थ नहीं है, ठीक इसी तरह ब्रह्म कोई जगत् से भिन्न (अलग) नहीं है। इसी तरह जगत् भी ब्रह्म से कोई अलग वस्तु नहीं है।

तेनेयमिन्द्रजालश्रीर्जगति प्रवितन्यते ।
द्रष्टुर्दृश्यस्य सत्ताऽन्तर्बन्ध इत्यभिधीयते ॥47॥
द्रष्टा दृश्यवशाद्बद्धो दृश्याभावे विमुच्यते ।
जगत्त्वमहमित्यादिसर्गात्मा दृश्यमुच्यते ॥48॥
मनसैवेन्द्रजालश्रीर्जगति प्रवितन्यते ।
यावदेतत् संभवति तावन्मोक्षो न विद्यते ॥49॥

आत्मा ने ही जगत् में इस इन्द्रजाल की शोभा बढ़ाई है और द्रष्टा के अन्तर में दृश्य की जो 'सत्ता' होती है, उसी का नाम बन्धन है। द्रष्टा दृश्य के कारण ही बन्धन में पड़ा है। दृश्य का अभाव होते ही वह मुक्त हो जाता है। यह 'जगत्', 'तू' और 'मैं' इत्यादि सृष्टि का स्वरूप दृश्य कहा जाता है। सिर्फ मन के कारण ही इस इन्द्रजाल की शोभा जगत् में फैलती है। जहाँ तक यह मन है, वहाँ तक मोक्ष नहीं है (अर्थात् मोक्ष की आशा तक नहीं की जा सकती)।

ब्रह्मणा तन्यते विश्वं मनसैव स्वयंभुवा ।
मनोमयमतो विश्वं यन्नाम परिदृश्यते ॥50॥
न बाह्ये नापि हृदये सद्रूपं विद्यते मनः ।
यदर्थं प्रतिभानं तन्मन इत्यभिधीयते ॥51॥
सङ्कल्पनं मनो विद्धि सङ्कल्पस्तत्र विद्यते ।
यत्र सङ्कल्पनं तत्र मनोऽस्तीत्यवगम्यताम् ॥52॥
सङ्कल्पमनसी भिन्ने न कदाचन केनचित् ।
सङ्कल्पजाते गलिते स्वरूपमवशिष्यते ॥53॥

मन ही तो स्वयंभू (ब्रह्मा) है। और वही विश्व का विस्तरण करता है। इसीलिए तो विश्व मनोमय है। और मन ही विश्व के नाम से दिखाई पड़ रहा है। वास्तविक दृष्टि से देखा जाए तो भीतर या बाहर कहीं भी मन की सत्ता है ही नहीं। सत्तारूप से कहीं मन है ही नहीं। परन्तु, विषय के प्रति विषयाकार रूप से जो भान होता है उसे ही मन कहा जाता है। संकल्पों का उत्पन्न होना मन है। उसी मन में ही ये संकल्प रहते हैं, ऐसा तुम्हें समझना चाहिए। और भी जिसमें संकल्प होते हैं, वह मन है ऐसा समझना चाहिए। संकल्प और मन किसी भी प्रकार अलग हैं ही नहीं, न किसी कारण से या न किसी काल में ही वे अलग हो सकते हैं। क्योंकि संकल्पों के समूह जब विनष्ट हो जाते हैं, तब तो केवल स्वरूप ही शेष रह जाता है।

अहं त्वं जगदित्यादौ प्रशान्ते दृश्यसंभ्रमे।
स्यात्तादृशी केवलता दृश्ये सत्तामुपागते ॥54॥
महाप्रलयसंपत्तौ ह्यसत्तां समुपागते।
अशेषदृश्ये सर्गादौ शान्तमेवावशिष्यते ॥55॥
अस्त्यनस्तमितो भास्वानजो देवो निरामयः।
सर्वदा सर्वकृत् सर्वः परमात्मेत्युदाहृतः ॥56॥
यतो वाचो निवर्तन्ते यो मुक्तैरवगम्यते।
यस्य चात्मादिकाः संज्ञाः कल्पिता न स्वभावतः ॥57॥

जब 'मैं' 'तू' और 'जगत्' की भ्रान्ति (दृश्य की भ्रान्ति) एकदम प्रशान्त हो जाती है, तुरन्त ही कैवल्य की स्थिति का अनुभव किया जाता है। जैसे पहले दृश्य की असत्ता के समय में कैवल्य की सत्ता है, दृश्य के नाश के बाद भी वैसी ही सत्ता होती है। सृष्टि के प्रारंभ में तो सब दृश्य दिखाई ही पड़ता है, परन्तु, जब महाप्रलय होता है, तब तो सब दृश्य 'असत्ता' को प्राप्त हो जाता है। और तब केवल आत्मा ही शान्त रूप से शेष रह जाता है। वही अजन्मा देव किसी काल में भी अस्त नहीं होने वाला निर्दोष सूर्य है और वही सर्वकाल में सर्वकर्ता सर्वस्वरूप परमात्मा है। उस परमात्मा से वाणी उसे पाए बिना वापस लौट जाती है। उस परमात्मा को मुक्त पुरुष ही पहचान पाते हैं। उसकी 'आत्मा' जैसी संज्ञाएँ (नाम) तो कल्पित ही हैं। वे संज्ञाएँ वास्तविक नहीं है। उसे ही परमात्मा कहा जाता है।

चित्ताकाशं चिदाकाशमाकाशं च तृतीयकम्।
द्वाभ्यां शून्यतरं विद्धि चिदाकाशं महामुने ॥58॥
देशाद्देशान्तरप्राप्तौ संविदो मध्यमेव यत्।
निमेषेण चिदाकाशं तद्विद्धि मुनिपुङ्गव ॥59॥
तस्मिन् निरस्तनिःशेषसंकल्पस्थितिमेषि चेत्।
सर्वात्मकं पदं शान्तं तदा प्राप्नोष्यसंशयः ॥60॥

हे महामुनि! चित्त-आकाश, चैतन्य-आकाश और तीसरा आकाश—ऐसे तीन आकाश होते हैं। उनमें जो चैतन्य आकाश है, वह अन्य दो आकाशों से बिल्कुल ही रहित है, ऐसा तुम समझो। हे श्रेष्ठ मुनि! एक देश से अन्य देश में जाने का जो ज्ञान है, उस ज्ञान के मध्य में जो आकाश रहता है, और जो आँख के एक पलक के समय में जहाँ जाना हो, वहाँ जा सकता है, वह चैतन्याकाश है, ऐसा तुम समझो। तुम जब सभी संकल्पों को छोड़कर उस चैतन्याकाश में ही निवास करने लगोगे, तब सर्व के आत्मस्वरूप उस आत्मा को तुम प्राप्त करोगे। इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। यह सर्वात्मा का पद शान्त है, वही परमपद है।

उदितौदार्यसौन्दर्यवैराग्यरसगर्भिणी।
आनन्दस्यन्दिनी यैषा समाधिरभिधीयते ॥61॥
दृश्यासंभवबोधेन रागद्वेषादितानवे।
रतिर्बलोदिता याऽसौ समाधिरभिधीयते ॥62॥
दृश्यासंभवबोधो हि ज्ञानं ज्ञेयं चिदात्मकम्।
तदेव केवलीभावं ततोऽन्यत् सकलं मृषा ॥63॥

जिसमें उदारता, सुन्दरता और वैराग्य का रस प्रकट होकर बह रहा हो और जो उस आनन्द-रस को बहाती हो उसे ही समाधि कहा जाता है। जिसमें दृश्य की सत्ता से रहित केवल ज्ञान ही हो और इस प्रकार के केवल ज्ञान के कारण जिसमें राग, द्वेष आदि अत्यन्त ही क्षीण हो गए हों, और जिसका स्वरूप अभ्यास बल से उत्पन्न हुआ आनन्द ही हो, उसे ही 'समाधि' कहा जाता है। दृश्य की सत्ता से रहित ज्ञान ही सच्चा ज्ञान है। वही चैतन्य का स्वरूप है। वही केवलीभाव है (कैवल्य की स्थिति है)। शेष सब कुछ मिथ्या ही है।

मत्त ऐरावतो बद्धः सर्षपीकोणकोटरे।
मशकेन कृतं युद्धं सिंहौघैरणुकोटरे ॥64॥
पद्माक्षे स्थापितो मेरुर्निगीर्णो भृङ्गसूनुना।
निदाघ विद्धि तादृक् त्वं जगदेतद्भ्रमात्मकम् ॥65॥

हे निदाघ! सरसों के दाने के एक छोटे कोने में (एकदम ही छोटी जगह में) मानो ऐरावत हाथी बाँध दिया हो! (बिल्कुल ही असंभव है) और मानो परमाणु के एक भाग में किसी मच्छर के साथ सिंहों की टोली का युद्ध हो गया हो! (बहुत ही असंभव है।) और भी मानो कमलबीज पर मेरुपर्वत की स्थापना की गई हो और उस पर्वत को भ्रमर के बच्चे ने निगल लिया हो! (कितनी बेहूदी और असंभव बात!) तो इसी प्रकार की बातें जैसे भ्रान्तिपूर्ण ही हैं, उसी प्रकार से यह जगत् भी भ्रान्तिमय ही है।

चित्तमेव हि संसारो रागादिक्लेशदूषितम्।
तदेव तैर्विनिर्मुक्तं भवान्त इति कथ्यते ॥66॥
मनसा भाव्यमानो हि देहतां याति देहकः।
देहवासनया मुक्तो देहधर्मैर्न लिप्यते ॥67॥
कल्पं क्षणीकरोत्यन्तः क्षणं नयति कल्पताम्।
मनोविलासः संसार इति मे निश्चिता मतिः ॥68॥
नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः।
नाशान्तमनसो वाऽपि प्रज्ञानेनैनमाप्नुयात् ॥69॥

रोग या राग से भरा हुआ चित्त ही संसार कहा जाता है। चित्त उन रागादि से रहित (शून्य) हो जाए, वही संसार का अन्त है, वही मोक्ष है, ऐसा कहा जाता है। मन से देह की भावना किये जाने पर ही यह देह उत्पन्न होता है (अर्थात् देह केवल एक भावना अथवा कल्पना ही है) परन्तु देह की वासना (भावना) ही मन से छूट जाए तो फिर मनुष्य देह के धर्मों से लिप्त नहीं होता। मन तो एक कल्प बराबर काल को एक क्षण बना देता है, और क्षण को भी कल्प बना देता है। इस प्रकार मन का यह विलास ही संसार है, ऐसा मैं निश्चित बुद्धि से (प्रतीतिपूर्वक) मान रहा हूँ। जो मनुष्य अपने दुराचारों से अभी छूटा नहीं है, जिसने अपनी अशान्ति को अभी तक छोड़ा नहीं है, जो समाधिनिष्ठ

नहीं हो पाया है, और जिसका मन अभी शान्त नहीं हो सका है, वह केवल ज्ञान से (जानकारीरूप **ज्ञान** से) आत्मा को प्राप्त नहीं कर सकता।

तद्ब्रह्मानन्दमद्वन्द्वं निर्गुणं सत्यचिद्घनम्।
विदित्वा स्वात्मनो रूपं न बिभेति कदाचन ॥70॥
परात्परं यन्महतो महान्तं स्वरूपतेजोमयशाश्वतं शिवम्।
कविं पुराणं पुरुषं सनातनं सर्वेश्वरं सर्वदेवैरुपास्यम् ॥71॥
अहं ब्रह्मेति नियतं मोक्षहेतुर्महात्मनाम्।
द्वे पदे बन्धमोक्षाय निर्ममेति ममेति च।
ममेति बध्यते जन्तुर्निर्ममेति विमुच्यते ॥72॥

अपने आत्मा का पारमार्थिक स्वरूप तो ब्रह्मानन्दमय, द्वन्द्वों से रहित, निर्गुण, सत्य और चैतन्यमय है, ऐसा जानकर मनुष्य कभी डरता नहीं है। जो तत्त्व परे से भी परे, बड़े से भी बड़ा, स्वरूप में तेजोमय, सनातन, मंगलमय, विद्वन्मय, पुराने से भी पुराना, पुरुषस्वरूप, शाश्वत और सर्व का नियामक है, वही सभी देवों के लिए भी उपासना के योग्य है। 'मैं ब्रह्म हूँ'—इस प्रकार का जो निश्चित ज्ञान है वह ज्ञान महात्माओं के मोक्ष का कारण बनता है। बन्धन और मोक्ष के लिए दो ही शब्द हैं। 'ममता' शब्द बन्धन के लिए है और 'ममताराहित्य' शब्द मोक्ष के लिए होता है। 'मेरा' ऐसा मानने से प्राणी बन्धन में पड़ता है और 'मेरा नहीं है'—ऐसा मानने से वह मुक्त होता है।

जीवेश्वरादिरूपेण चेतनाचेतनात्मकम्।
ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता।
जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारो जीवकल्पितः ॥73॥
त्रिणाचिकादियोगान्ता ईश्वरभ्रान्तिमाश्रिताः।
लोकायतादिसांख्यान्ता जीवविभ्रान्तिमाश्रिताः ॥74॥
तस्मान्मुमुक्षुभिर्नैव मतिर्जीवेशवादयोः।
कार्या किन्तु ब्रह्मतत्त्वं निश्चलेन विचार्यताम् ॥75॥

यह जडचेतनमय जगत् जो जीव और ईश्वर आदि के रूप में ही केवल भासित होता है। इसमें विषय के दर्शन से लेकर उसमें प्रवेश करने तक की सारी सृष्टि ईश्वर के द्वारा ही कल्पित हुई है और जाग्रत् अवस्था से लेकर मोक्ष तक का संसार जीव के द्वारा कल्पित हुआ है। त्रिणाचिक (त्रिणाचिकेताग्नि कठोपनिषद् में वर्णित है) से लेकर योग तक के सभी शास्त्र ईश्वर की भ्रान्ति में पड़े हैं और लोकायत से लेकर सांख्य तक के सभी शास्त्र जीव की भ्रान्ति में पड़े हुए हैं। इसलिए मुमुक्षुओं को जीव और ईश्वर के वादविवाद में बुद्धि लगानी ही नहीं चाहिए। परन्तु निश्चल होकर केवल ब्रह्मतत्त्व का ही विचार करना चाहिए।

अविशेषेण सर्वं तु यः पश्यति चिदन्वयात्।
स एव साक्षाद्विज्ञानी स शिवः स हरिर्विधिः ॥76॥
दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम्।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना ॥77॥
उत्पन्नशक्तिबोधस्य त्यक्तनिःशेषकर्मणः।
योगिनः सहजावस्था स्वयमेवोपजायते ॥78॥

सर्वत्र चैतन्य का ही सम्बन्ध होने से जो मनुष्य सबको समान चैतन्यमय देखता है, वही साक्षात् विज्ञानी है, वही शंकर है, वही विष्णु है और वही ब्रह्मा है। सद्गुरु की कृपा के बिना विषयों का त्याग करना दुर्लभ है, तत्त्वपदार्थ का दर्शन दुर्लभ है, और सहज आत्मस्वरूप की अवस्था भी दुर्लभ ही है। जिसने सभी कर्मों को छोड़ दिया हो, ऐसे योगी में ज्ञान की शक्ति उत्पन्न होती है। उसमें आप ही आप सहज रूप से सहजावस्था प्राप्त हो जाती है।

यदा ह्येवैष एतस्मिन्नल्पमप्यन्तरं नरः।
विजानाति तदा तस्य भयं स्यान्नात्र संशयः ॥79॥
सर्वगं सच्चिदानन्दं ज्ञानचक्षुर्निरीक्षते।
अज्ञानचक्षुर्नेक्षेत भास्वन्तं भानुमन्धवत् ॥80॥
प्रज्ञानमेव तद्ब्रह्म सत्यप्रज्ञानलक्षणम्।
एवं ब्रह्मपरिज्ञानादेव मर्त्योऽमृतो भवेत् ॥81॥
भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टि परावरे ॥82॥

जब मनुष्य अपने आत्मस्वरूप के बारे में थोड़ा-सा भी अन्तर (भिन्नता) जानता है, तब उसे संसार से भय होने लगता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। ज्ञानदृष्टि वाला मनुष्य तो सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा को सर्वत्र व्याप्त ही देखता है। परन्तु जो अज्ञान दृष्टिवाला पुरुष है, वह जैसे कोई अन्धा आदमी सूर्य को नहीं देख सकता, वैसे आत्मतत्त्व (की सर्वव्यापकता) को देख नहीं पाता। इसलिए प्रज्ञान, अर्थात् उत्तम ज्ञान ही ब्रह्म है और इसीलिए सत्य और प्रज्ञान को ब्रह्म का लक्षण कहा जाता है। इस तरह के ब्रह्म के पूर्ण ज्ञान से मनुष्य अमर हो जाता है। जब उस परात्पर परमात्मा के दर्शन हो जाते हैं तब ही ज्ञानी के हृदय की गाँठ टूट जाती है, उसके सभी संशय छिन्न हो जाते हैं—कट जाते हैं और उसके सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं।

अनात्मतां परित्यज्य निर्विकारो जगत्स्थितौ।
एकनिष्ठतयाऽन्तःस्थः संविन्मात्रपरो भव ॥83॥
मरुभूमौ जलं सर्वं मरुभूमात्रमेव तत्।
जगत्त्रयमिदं सर्वं चिन्मात्रं स्वविचारतः ॥84॥
लक्ष्यालक्ष्यमतिं त्यक्त्वा यस्तिष्ठेत् केवलात्मना।
शिव एव स्वयं साक्षादयं ब्रह्मविदुत्तमः ॥85॥
अधिष्ठानमनौपम्यमवाङ्मनसगोचरम्।
नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं च तदव्ययम् ॥86॥
सर्वशक्तेर्महेशस्य विलासो हि मनो जगत्।
संयमासंयमाभ्यां च संसारं शान्तिमन्वगात् ॥87॥

इसलिए अनात्मभाव का त्याग करके जगत् की स्थिति में तुम निर्विकार हो जाओ और एकनिष्ठता से अंतस् में (भीतर में) ही स्थिति करके केवल ज्ञान परायण ही हो जाओ। जिस प्रकार किसी निर्जल प्रदेश में दिखाई देने वाला (भ्रान्ति से मृगमरीचिका में दिखाई देने वाला) जल केवल निर्जल प्रदेश रूप ही है, ठीक उसी प्रकार आत्मविचार से यह सारा त्रिभुवन (तीनों लोक) केवल चैतन्य ही है। ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ जो पुरुष, लक्ष्य और अलक्ष्य के विचारों को छोड़कर केवल आत्मस्वरूप

में ही अवस्थित रहता है, वह स्वयं साक्षात् शिव ही होता है। इसलिए जो सर्व का आश्रयरूप है, जो उपमारहित है, जो वाणी और मन का विषय ही नहीं बनता, जो नित्य, व्यापक, सर्वगामी, अतिसूक्ष्म और निर्विकार है, उस आत्मस्वरूप का ही ध्यान करना चाहिए। मन ही जगत् है और वह सर्वशक्तिमान महेश्वर का एक विलास है। मन का संयम नहीं करने से संसार होता है पर मन का संयम करने से संसार शान्त हो जाता है।

मनोव्याधेश्चिकित्साऽर्थमुपायं कथयामि ते।
यद्यत् स्वाभिमतं वस्तु तत्त्यजन् मोक्षमश्नुते ॥88॥
स्वायत्तमेकान्तहितं स्वेप्सितत्यागवेदनम्।
यस्य दुष्करतां यातं धिक् तं पुरुषकीटकम् ॥89॥
स्वपौरुषैकसाध्येन स्वेप्सितत्यागरूपिणा।
मनःप्रशममात्रेण विना नास्ति शुभा गतिः ॥90॥
असङ्कल्पनशस्त्रेण छिन्नं चित्तमिदं यदा।
सर्वं सर्वगतं शान्तं ब्रह्म संपद्यते तदा ॥91॥

मन एक रोग है। मैं अब इस मनोरोग के लिए एक चिकित्सा बताता हूँ। जो-जो वस्तु हमें अच्छी लगती हों उनका त्याग कर देना चाहिए। ऐसा त्याग करने वाला मोक्ष को प्राप्त होता है। आत्मवस्तु का ज्ञान तो अपने ही हाथ की बात है, और वही परमहितकारी भी है। इच्छित वस्तु के त्याग से आत्मवस्तु का अनुभव भी हो सकता है। ऐसा होने पर भी जो मनुष्य उसे दुष्कर है, ऐसा अनुभव करता है, तो ऐसे मनुष्यरूपी कीड़े को धिक्कार है। जो शुभगति केवल अपने पुरुषार्थ के द्वारा साध्य हो सकती है, उसका एकमात्र उपाय इच्छित वस्तु का त्याग ही है, और मन के अत्यंत शम के बिना तो वह शुभ गति प्राप्त नहीं हो सकती। असंकल्परूप शस्त्र से जब यह मन कट जाता है तब मनुष्य सर्वस्वरूप, सर्वव्यापक और शान्त ब्रह्मरूप ही बन जाता है।

भवभावनया मुक्तो युक्तः परमया धिया।
धारयात्मानमव्यग्रो ग्रस्तचित्तं चितः पदम् ॥92॥
परं पौरुषमाश्रित्य नीत्वा चित्तमचित्तताम्।
ध्यानतो हृदयाकाशे चिति चिच्चक्रधारया।
मनो मारय निःशङ्कं त्वां प्रबध्नन्ति नारयः ॥93॥
अयं सोऽहमिदं तन्मे एतावन्मात्रकं मनः।
तदभावनमात्रेण दात्रेणेव विलीयते ॥94॥
छिन्नाभ्रमण्डलं व्योम्नि यथा शरदि धूयते।
वातेनाकल्पकेनैव तथाऽन्तर्धूयते मनः ॥95॥

परम श्रेष्ठ बुद्धिपूर्वक तुम इस संसार की भावना से मुक्त हो जाओ और व्यग्रतारहित चित्त से अपने आत्मा को परम चैतन्य के स्थान में धारण कर लो। क्योंकि ऐसी धारणा तुम्हारे चित्त को निगल जाएगी। बड़े भारी पुरुषार्थ का अवलम्बन करके तुम अपने 'चित्त' को 'अचित्त' की अवस्था में ले जाओ। और बाद में हृदयाकाश में (जो कि चैतन्यमय है) ध्यान करके उस चैतन्य चक्र की धार से अपने मन को [illegible] मन को निःसन्देहरूप [illegible] वह है और वह मैं हूँ।

अभाव' रूपी हँसिये से (गड़ासे से) ही कट जाता है। शरद् ऋतु के आकाश में वायुरूपी छेदन यंत्र के द्वारा छिन्न-भिन्न किए हुए बादल जैसे बिखर जाते हैं, इसी प्रकार साधक के द्वारा हृदय में काटा गया मन बिखर जाता है।

कल्पान्तपवना वान्तु यान्तु चैकत्वमर्णवाः।
तपन्तु द्वादशादित्या नास्ति निर्मनसः क्षतिः ॥96॥
असंकल्पनमात्रैकसाध्ये सकलसिद्धिदे।
असंकल्पातिसाम्राज्ये तिष्ठावष्टब्धतत्पदः ॥97॥
न हि चञ्चलताहीनं मनः क्वचन दृश्यते।
चञ्चलत्वं मनोधर्मो वह्नेर्धर्मो यथोष्णता ॥98॥
एषा हि चञ्चला स्पन्दशक्तिश्चित्तत्वसंस्थिता।
तां विद्धि मानसीं शक्तिं जगदाडम्बरात्मिकाम् ॥99॥
यत्तु चञ्चलताहीनं तन्मनोऽमृतमुच्यते।
तदेव च तपः शास्त्रसिद्धान्ते मोक्ष उच्यते ॥100॥

भले ही प्रलयकाल के वायु बहें, भले ही सभी समुद्र एकाकार हो जाएँ, भले ही बारहों सूर्य एक साथ तपें, फिर भी मनरहित मनुष्य की कोई हानि नहीं होती। चञ्चलतारहित मन किसी भी समय में देखा नहीं जाता। क्योंकि जिस प्रकार उष्णता अग्नि का धर्म है उसी प्रकार चंचलता मन का धर्म है। यह चंचलता (स्पन्दनशक्ति) ही 'चित्तता' के रूप में रहती है। और वही मानसी शक्ति इस जगत् के आडम्बर के रूप में दिखाई देती है, ऐसा तुम समझो। संकल्पों का अभाव तो एक बड़ा साम्राज्य ही है और वह तो केवल संकल्परहित होने से ही सिद्ध हो सकता है। वही सम्पूर्ण सिद्धियों का देने वाला भी है। इसलिए 'संकल्पराहित्य' रूप पद का आश्रय करके तुम उस राज्य में स्वयं को स्थिर कर लो। जो चंचलतारहित मन है, वही अमृत है, वही तप है और शास्त्रों में उसी को मोक्ष कहा गया है।

तस्य चञ्चलता यैषा त्वविद्या वासनात्मिका।
वासनाऽपरनाम्नीं तां विचारेण विनाशय ॥101॥
पौरुषेण प्रयत्नेन यस्मिन्नेव पदे मनः।
योज्यते तत् पदं प्राप्य निर्विकल्पो भवानघ ॥102॥
अतः पौरुषमाश्रित्य चित्तमाक्रम्य चेतसा।
विशोकं पदमालम्ब्य निरातङ्कः स्थिरो भव ॥103॥
मन एव समर्थं हि मनसो दृढनिग्रहे।
अराज्ञा कः समर्थः स्याद्राज्ञो निग्रहकर्मणि ॥104॥

इस मन की जो चंचलता है, वही [illegible] है। तुम चिन्तन-मनन करके उस वासना को दूर कर दो। हे निष्पाप! [illegible] वासनाक्षय के बाद मन जिस परमपद में प्राप्त होता है, उस [illegible] जाओ। इस तरह पुरुषार्थ का अवलम्बन [illegible] तुम आश्रय [illegible] हो समर्थ है। राजा का निग्रह करने के लिए [illegible]

नहीं हो पाया है, और जिसका मन अभी शान्त नहीं हो सका है, वह केवल ज्ञान से (ज्ञानकाण्डरूप ज्ञान से) आत्मा को प्राप्त नहीं कर सकता।

तद्ब्रह्मानन्दमद्वन्द्वं निर्गुणं सत्यचिद्घनम्।
विदित्वा स्वात्मनो रूपं न बिभेति कदाचन ॥70॥
परात्परं यन्महतो महान्तं स्वरूपतेजोमयशाश्वतं शिवम्।
कविं पुराणं पुरुषं सनातनं सर्वेश्वरं सर्वदेवैरुपास्यम् ॥71॥
अहं ब्रह्मेति नियतं मोक्षहेतुर्महात्मनाम्।
द्वे पदे बन्धमोक्षाय निर्ममेति ममेति च।
ममेति बध्यते जन्तुर्निर्ममेति विमुच्यते ॥72॥

अपने आत्मा का पारमार्थिक स्वरूप तो ब्रह्मानन्दमय, द्वन्द्वों से रहित, निर्गुण, सत्य और चैतन्यमय है, ऐसा जानकर मनुष्य कभी डरता नहीं है। जो तत्त्व परे से भी परे, बड़े से भी बड़ा, स्वरूप में तेजोमय, सनातन, मंगलमय, विद्वन्मय, पुराने से भी पुराना, पुरुषस्वरूप, शाश्वत और सर्व का नियामक है, वही सभी देवों के लिए भी उपासना के योग्य है। 'मैं ब्रह्म हूँ'—इस प्रकार का जो निश्चित ज्ञान है वह ज्ञान महात्माओं के मोक्ष का कारण बनता है। बन्धन और मोक्ष के लिए दो ही शब्द हैं। 'ममता' शब्द बन्धन के लिए है और 'ममताराहित्य' शब्द मोक्ष के लिए होता है। 'मेरा' ऐसा मानने से प्राणी बन्धन में पड़ता है और 'मेरा नहीं है'—ऐसा मानने से वह मुक्त होता है।

जीवेश्वरादिरूपेण चेतनाचेतनात्मकम्।
ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता।
जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारो जीवकल्पितः ॥73॥
त्रिणाचिकादियोगान्ता ईश्वरभ्रान्तिमाश्रिताः।
लोकायतादिसांख्यान्ता जीवविभ्रान्तिमाश्रिताः ॥74॥
तस्मान्मुमुक्षुभिर्नैव मतिर्जीवेशवादयोः।
कार्या किन्तु ब्रह्मतत्त्वं निश्चलेन विचार्यताम् ॥75॥

यह जडचेतनमय जगत् जो जीव और ईश्वर आदि के रूप में ही केवल भासित होता है। इसमें विषय के दर्शन से लेकर उसमें प्रवेश करने तक की सारी सृष्टि ईश्वर के द्वारा ही कल्पित हुई है और जाग्रत् अवस्था से लेकर मोक्ष तक का संसार जीव के द्वारा कल्पित हुआ है। त्रिणाचिक (त्रिणाचिकेताग्नि कठोपनिषद् में वर्णित है) से लेकर योग तक के सभी शास्त्र ईश्वर की भ्रान्ति में पड़े हुए हैं और लोकायत से लेकर सांख्य तक के सभी शास्त्र जीव की भ्रान्ति में पड़े हुए हैं। इसलिए मुमुक्षुओं को जीव और ईश्वर के वादविवाद में बुद्धि लगानी ही नहीं चाहिए। परन्तु निश्चल होकर केवल ब्रह्मतत्त्व का ही विचार करना चाहिए।

अविशेषेण सर्वं तु यः पश्यति चिदन्वयात्।
स एव साक्षाद्विज्ञानी स शिवः स हरिर्विधिः ॥76॥
दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम्।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना ॥77॥
उत्पन्नशक्तिबोधस्य त्यक्तनिःशेषकर्मणः।
योगिनः सहजावस्था स्वयमेवोपजायते ॥78॥

सर्वत्र चैतन्य का ही सम्बन्ध होने से जो मनुष्य सबको समान चैतन्यमय देखता है, वही साक्षात् विज्ञानी है, वही शंकर है, वही विष्णु है और वही ब्रह्मा है। सद्गुरु की कृपा के बिना विषयों का त्याग करना दुर्लभ है, तत्त्वपदार्थ का दर्शन दुर्लभ है, और सहज *आत्मस्वरूप की अवस्था भी दुर्लभ ही है।* जिसने सभी कर्मों को छोड़ दिया हो, ऐसे योगी में ज्ञान की शक्ति उत्पन्न होती है। उसमें आप ही आप सहज रूप से सहजावस्था प्राप्त हो जाती है।

यदा ह्येवैष एतस्मिन्नल्पमप्यन्तरं नरः।
विजानाति तदा तस्य भयं स्यान्नात्र संशयः ॥79॥
सर्वगं सच्चिदानन्दं ज्ञानचक्षुर्निरीक्षते।
अज्ञानचक्षुर्नेक्षेत भास्वन्तं भानुमन्धवत् ॥80॥
प्रज्ञानमेव तद्ब्रह्म सत्यप्रज्ञानलक्षणम्।
एवं ब्रह्मपरिज्ञानादेव मर्त्योऽमृतो भवेत् ॥81॥
भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टि परावरे ॥82॥

जब मनुष्य अपने आत्मस्वरूप के बारे में थोड़ा-सा भी अन्तर (भिन्नता) जानता है, तब उसे संसार से भय होने लगता है, इसमें कोई सन्देह नहीं है। ज्ञानदृष्टि वाला मनुष्य तो सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा को सर्वत्र व्याप्त ही देखता है। परन्तु जो अज्ञान दृष्टिवाला पुरुष है, वह जैसे कोई अन्धा आदमी सूर्य को नहीं देख सकता, वैसे आत्मतत्त्व (की सर्वव्यापकता) को देख नहीं पाता। इसलिए प्रज्ञान, अर्थात् उत्तम ज्ञान ही ब्रह्म है और इसीलिए सत्य और प्रज्ञान को ब्रह्म का लक्षण कहा जाता है। इस तरह के ब्रह्म के पूर्ण ज्ञान से मनुष्य अमर हो जाता है। जब उस परात्पर परमात्मा के दर्शन हो जाते हैं तब ही ज्ञानी के हृदय की गाँठ टूट जाती है, उसके सभी संशय छिन्न हो जाते हैं—कट जाते हैं और उसके सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं।

अनात्मतां परित्यज्य निर्विकारो जगत्स्थितौ।
एकनिष्ठतयाऽन्तःस्थः संविन्मात्रपरो भव ॥83॥
मरुभूमौ जलं सर्वं मरुभूमात्रमेव तत्।
जगत्त्रयमिदं सर्वं चिन्मात्रं स्वविचारतः ॥84॥
लक्ष्यालक्ष्यमतिं त्यक्त्वा यस्तिष्ठेत् केवलात्मना।
शिव एव स्वयं साक्षादयं ब्रह्मविदुत्तमः ॥85॥
अधिष्ठानमनौपम्यमवाङ्मनसगोचरम्।
नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं च तदव्ययम् ॥86॥
सर्वशक्तेर्महेशस्य विलासो हि मनो जगत्।
संयमासंयमाभ्यां च संसारं शान्तिमन्वगात् ॥87॥

इसलिए अनात्मभाव का त्याग करके जगत् की स्थिति में तुम निर्विकार हो जाओ और एकनिष्ठता से अंतस् में (भीतर में) ही स्थिति करके केवल ज्ञान परायण ही हो जाओ। जिस प्रकार किसी निर्जल प्रदेश में दिखाई देने वाला (भ्रान्ति से मृगमरीचिका में दिखाई देने वाला) जल केवल निर्जल प्रदेश रूप ही है, ठीक उसी प्रकार आत्मविचार से यह सारा त्रिभुवन (तीनों लोक) केवल चैतन्य ही है। ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ जो पुरुष, लक्ष्य और अलक्ष्य के विचारों को छोड़कर केवल आत्मस्वरूप

में ही अवस्थित रहता है, वह स्वयं साक्षात् शिव ही होता है। इसलिए जो सर्व का आश्रयरूप है, जो उपमारहित है, जो वाणी और मन का विषय ही नहीं बनता, जो नित्य, व्यापक, सर्वगामी, अतिसूक्ष्म और निर्विकार है, उस आत्मस्वरूप का ही ध्यान करना चाहिए। मन ही जगत् है और वह सर्वशक्तिमान महेश्वर का एक विलास है। मन का संयम नहीं करने से संसार होता है पर मन का संयम करने से संसार शान्त हो जाता है।

मनोव्याधेश्चिकित्साऽर्थमुपायं कथयामि ते।
यद्यत् स्वाभिमतं वस्तु तत्त्यजन् मोक्षमश्नुते ॥88॥
स्वायत्तमेकान्तहितं स्वेप्सितत्यागवेदनम्।
यस्य दुष्करतां यातं धिक् तं पुरुषकीटकम् ॥89॥
स्वपौरुषैकसाध्येन स्वेप्सितत्यागरूपिणा।
मनःप्रशममात्रेण विना नास्ति शुभा गतिः ॥90॥
असङ्कल्पनशस्त्रेण छिन्नं चित्तमिदं यदा।
सर्वं सर्वगतं शान्तं ब्रह्म संपद्यते तदा ॥91॥

मन एक रोग है। मैं अब इस मनोरोग के लिए एक चिकित्सा बताता हूँ। जो-जो वस्तु हमें अच्छी लगती हों उनका त्याग कर देना चाहिए। ऐसा त्याग करने वाला मोक्ष को प्राप्त होता है। आत्मवस्तु का ज्ञान तो अपने ही हाथ की बात है, और वही परमहितकारी भी है। इच्छित वस्तु के त्याग से आत्मवस्तु का अनुभव भी हो सकता है। ऐसा होने पर भी जो मनुष्य उसे दुष्कर है, ऐसा अनुभव करता है, तो ऐसे मनुष्यरूपी कीड़े को धिक्कार है। जो शुभगति केवल अपने पुरुषार्थ के द्वारा ही साध्य हो सकती है, उसका एकमात्र उपाय इच्छित वस्तु का त्याग ही है, और मन के अत्यंत शम के बिना तो वह शुभ गति प्राप्त नहीं हो सकती। असंकल्परूप शस्त्र से जब यह मन कट जाता है तब मनुष्य सर्वस्वरूप, सर्वव्यापक और शान्त ब्रह्मरूप ही बन जाता है।

भवभावनया मुक्तो युक्तः परमया धिया।
धारयात्मानमव्यग्रो ग्रस्तचित्तं चितः पदम् ॥92॥
परं पौरुषमाश्रित्य नीत्वा चित्तमचित्तताम्।
ध्यानतो हृदयाकाशे चिति चिच्चक्रधारया।
मनो मारय निःशङ्कं त्वां प्रबध्नन्ति नारयः ॥93॥
अयं सोऽहमिदं तन्मे एतावन्मात्रकं मनः।
तदभावनमात्रेण दात्रेणेव विलीयते ॥94॥
छिन्नाभ्रमण्डलं व्योम्नि यथा शरदि धूयते।
वातेनाकल्पकेनैव तथाऽन्तर्धूयते मनः ॥95॥

परम श्रेष्ठ बुद्धिपूर्वक तुम इस संसार की भावना से मुक्त हो जाओ और व्यग्रतारहित चित्त से अपने आत्मा को परम चैतन्य के स्थान में धारण कर लो। क्योंकि ऐसी धारणा तुम्हारे चित्त को निगल जाएगी। बड़े भारी पुरुषार्थ का अवलम्बन करके तुम अपने 'चित्त' को 'अचित्त' की अवस्था में ले जाओ। और बाद में हृदयाकाश में (जो कि चैतन्यमय ही है, उसमें) ध्यान करके उस चैतन्य चक्र की धार से अपने मन को निःसन्देहरूप से मार डालो, जिससे कि शत्रु लोग तुम्हें बाँध न सकें। "यह वह है और यह मैं हूँ"—सिर्फ यह भावना ही मन है। ऐसा वह मन मात्र 'भावना के

अभाव' रूपी हँसिये से (गड़ासे से) ही कट जाता है। शरद् ऋतु के आकाश में वायुरूपी छेदन यंत्र के द्वारा छिन्न-भिन्न किए हुए बादल जैसे बिखर जाते हैं, इसी प्रकार साधक के द्वारा हृदय में काटा गया मन बिखर जाता है।

कल्पान्तपवना वान्तु यान्तु चैकत्वमर्णवाः।
तपन्तु द्वादशादित्या नास्ति निर्मनसः क्षतिः ॥96॥
असंकल्पनमात्रैकसाध्ये सकलसिद्धिदे।
असंकल्पातिसाम्राज्ये तिष्ठावष्टब्धतत्पदः ॥97॥
न हि चञ्चलताहीनं मनः क्वचन दृश्यते।
चञ्चलत्वं मनोधर्मो वह्नेर्धर्मो यथोष्णता ॥98॥
एषा हि चञ्चला स्पन्दशक्तिश्चित्तत्वसंस्थिता।
तां विद्धि मानसीं शक्तिं जगदाडम्बरात्मिकाम् ॥99॥
यत्तु चञ्चलताहीनं तन्मनोऽमृतमुच्यते।
तदेव च तपः शास्त्रसिद्धान्ते मोक्ष उच्यते ॥100॥

भले ही प्रलयकाल के वायु बहें, भले ही सभी समुद्र एकाकार हो जाएँ, भले ही बारहों सूर्य एक साथ तपें, फिर भी मनरहित मनुष्य की कोई हानि नहीं होती। चञ्चलतारहित मन किसी भी समय में देखा नहीं जाता। क्योंकि जिस प्रकार उष्णता अग्नि का धर्म है उसी प्रकार चंचलता मन का धर्म है। यह चंचलता (स्पन्दनशक्ति) ही 'चित्तता' के रूप में रहती है। और वही मानसी शक्ति इस जगत् के आडम्बर के रूप में दिखाई देती है, ऐसा तुम समझो। संकल्पों का अभाव तो एक बड़ा साम्राज्य ही है और वह तो केवल संकल्परहित होने से ही सिद्ध हो सकता है। वही सम्पूर्ण सिद्धियों का देने वाला भी है। इसलिए 'संकल्पराहित्य' रूप पद का आश्रय करके तुम उस राज्य में स्वयं को स्थिर कर लो। जो चंचलतारहित मन है, वही अमृत है, वही तप है और शास्त्रों में उसी को मोक्ष कहा गया है।

तस्य चञ्चलता यैषा त्वविद्या वासनात्मिका।
वासनाऽपरनाम्नीं तां विचारेण विनाशय ॥101॥
पौरुषेण प्रयत्नेन यस्मिन्नेव पदे मनः।
योज्यते तत् पदं प्राप्य निर्विकल्पो भवानघ ॥102॥
अतः पौरुषमाश्रित्य चित्तमाक्रम्य चेतसा।
विशोकं पदमालम्ब्य निरातङ्कः स्थिरो भव ॥103॥
मन एव समर्थं हि मनसो दृढनिग्रहे।
अराज्ञा कः समर्थः स्याद्राज्ञो निग्रहकर्मणि ॥104॥

इस मन की जो चंचलता है, वही वासनात्मिका अविद्या है। अविद्या का दूसरा नाम ही वासना है। तुम चिन्तन-मनन करके उस वासना को दूर कर दो। हे निष्पाप! बड़े भारी पुरुषार्थ के द्वारा वासनाक्षय के बाद मन जिस परमपद में प्राप्त होता है, उस पद को प्राप्त करके तुम निर्विकल्प बन जाओ। इस तरह पुरुषार्थ का अवलम्बन करके चित्त द्वारा ही चित्त को दबाकर उस शोकरहित पद का तुम आश्रय कर लो और फिर निर्भय होकर स्थिर हो जाओ। मन का दृढरूप से निग्रह करने में तो मन ही समर्थ है। राजा का निग्रह करने के लिए जो राजा न हो ऐसा भला कौन समर्थ हो सकता है ?

तृष्णाग्राहगृहीतानां संसारार्णवपातिनाम् ।
आवर्तैरूह्यमानानां दूरं स्वमन एव नौः ॥105॥
मनसैव मनश्छित्त्वा पाशं परमबन्धनम् ।
भवादुत्तारयात्मानं नासावन्येन तार्यते ॥106॥

जो लोग संसाररूपी सागर में पड़े हों और तृष्णारूपी ग्राह से जकड़े गए हों, और संसारसागर के भँवरों में फँसकर दूर-दूर तक घसीटे गए हों, उनके लिए अपना मन ही नौकारूप बनता है। वास्तव में यह मन ही एक बन्धनकारक पाश है। उसे मन से ही काटकर तुम अपने आत्मा को संसार से पार ले जाओ। क्योंकि मन के सिवा अन्य तो कोई भी इसे तार सकने वाला नहीं है।

या योदेति मनोनाम्नी वासना वासितान्तरा ।
तां तां परिहरेत् प्राज्ञस्ततोऽविद्याक्षयो भवेत् ॥107॥
भोगैकवासनां त्यक्त्वा त्यज त्वं भेदवासनाम् ।
भावाभावौ ततस्त्यक्त्वा निर्विकल्पः सुखी भव ॥108॥
एष एव मनोनाशस्त्वविद्यानाश एव च ।
यत्तत् संवेद्यते किञ्चित् तत्रास्थापरिवर्जनम् ।
अनास्थैव हि निर्वाणं दुःखमास्थापरिग्रहः ॥109॥
अविद्या विद्यमानैव नष्टप्रज्ञेषु दृश्यते ।
नाम्नैवाङ्गीकृताकारा सम्यक्प्रज्ञस्य सा कुतः ॥110॥

वासना का ही दूसरा नाम मन होता है और ये वासनाएँ ही मन में वास करके बैठी हुई हैं। इसलिए जो-जो भी वासना मन में उदित हो, उसे बुद्धिमान मनुष्य को त्याग ही देना चाहिए क्योंकि इसी से अविद्या का नाश होता है। पहले तुम भोग की एक वासना का त्याग करो। फिर बाद में भेद की वासना को छोड़ो। फिर भाव और अभाव का भी त्याग करके विकल्परहित होकर सुखी बन जाओ। मन का नाश ही अविद्या का नाश है। जो-जो कुछ अनुभव में आता हो, उसमें आस्था का त्याग कर देना ही मन का नाश कहलाता है। जिनकी बुद्धि नष्ट हो गई होती है, उन्हें अविद्या ही विद्यमान (वास्तविक) मालूम पड़ती है। परन्तु वह अविद्या तो केवल नाममात्र से ही आकार धारण किए हुए है। सम्यक् (सच्चे) ज्ञानी के लिए भला वह कहाँ से हो सकती है ?

तावत् संसारभृगुषु स्वात्मना सह देहिनम् ।
आन्दोलयति नीरन्ध्रं दुःखकण्टकशालिषु ॥111॥
अविद्या यावदस्यास्तु नोत्पन्ना क्षयकारिणी ।
स्वयमात्मावलोकेच्छा मोहसंक्षयकारिणी ॥112॥
अस्याः परं प्रपश्यन्त्याः स्वात्मनाशः प्रजायते ।
दृश्ये सर्वगते बोधे स्वयं ह्येषा विलीयते ॥113॥
इच्छामात्रमविद्येयं तन्नाशो मोक्ष उच्यते ।
स चासंकल्पमात्रेण सिद्धो भवति वै मुने ॥114॥
मनागपि मनोव्योम्नि वासनारजनीक्षये ।
कलिका तनुतामेति चिदादित्यप्रकाशनात् ॥115॥

यह संसार पर्वतों के ऊँचे शिखरों के समान है और उस पर भरसक काँटे भरे हुए हैं। वहाँ अविद्या अपने स्वरूप से आत्मा को घुमाती ही रहती है। वह वहाँ तक घुमाती रहती है कि जहाँ तक उसका नाश करने वाली आत्मदर्शन की इच्छा उत्पन्न नहीं होती। क्योंकि वही इच्छा केवल मोह का विनाश करने वाली होती है। परमात्मा का साक्षात्कार कराने वाली उस आत्मदर्शन की इच्छा, आत्मदर्शन कराने के बाद स्वयं भी नष्ट हो जाती है। क्योंकि सर्वव्यापी ज्ञान को देखे जाने पर तो वह आप ही आप विलीन हो जाती है। हे मुनि ! केवल इच्छा ही अविद्या है। और उसका नाश ही मोक्ष कहा जाता है। केवल संकल्परहित हो जाने से ही मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। जब मनरूपी आकाश में वासनारूपी रात्रि का नाश होता है तब चैतन्यसूर्य का थोड़ा सा प्रकाश होने से भी अन्धकार की (अज्ञान की) कालिमा का नाश हो जाता है, या कालिमा कम हो जाती है।

चैत्यानुपातरहितं सामान्येन च सर्वगम् ।
यच्चित्तत्वमनाख्येयं स आत्मा परमेश्वरः ॥116॥
सर्वं च खल्विदं ब्रह्म नित्यचिद्घनमक्षतम् ।
कल्पनाऽन्या मनोनाम्नी विद्यते न हि काचन ॥117॥
न जायते न म्रियते किञ्चिदत्र जगत्त्रये ।
न च भावविकाराणां सत्ता क्वचन विद्यते ॥118॥

चैत्य के अर्थात् जगत् के (जगत् के विषयों के) पीछे दौड़ादौड़ी से रहित और सामान्यतः सर्वव्यापी बने हुए चित्त का वर्णन करना असंभव ही है, क्योंकि वह स्वयं ही तो परमेश्वर है। यह सब कुछ ब्रह्म ही है और वह नित्य, चैतन्यमय एवं अविनाशी है। इसके सिवा और जो अन्य कल्पनाएँ हैं, वही मन है। मन इसके सिवा कुछ है ही नहीं। इन तीनों भुवनों में वास्तव में न तो कोई जन्मता है और न ही कोई प्रलयकाल में मरता ही है। क्योंकि अन्य पदार्थों का या विकारों का तो कोई अस्तित्व ही नहीं है।

केवलं केवलाभासं सर्वसामान्यमक्षतम् ।
चैत्यानुपातरहितं चिन्मात्रमिह विद्यते ॥119॥
तस्मिन् नित्ये तते शुद्धे चिन्मात्रे निरुपद्रवे ।
शान्ते शमसमाभोगे निर्विकारे चिदात्मनि ॥120॥
यैषा स्वभावाभिमतं स्वयं संकल्प्य धावति ।
चिच्चैत्यं स्वयमम्लानं मननान्मन उच्यते ॥121॥

केवल कैवल्यरूप में ही प्रकाशित, सामान्यतया सबमें अवस्थित और विषयों के पीछे दौड़ादौड़ी नहीं करने वाला केवल चैतन्य ही इस जगत् में विद्यमान है। वह चिदात्मा नित्य, व्यापक, शुद्ध, मात्र चैतन्यस्वरूप, उपद्रवरहित, शान्त, समर्थ, परिपूर्ण और निर्विकार है। ऐसे उसमें यह अविद्या, अपने हावभावों से अपने अभिमत विषयों को संकल्पित करके दौड़ा करती है। वास्तव में तो चित् और चैत्य (यह जगत्) अम्लान (विकारशून्य) ही है परन्तु केवल मनन करने से ही मन कहा जाता है।

अतः संकल्पसिद्धेयं संकल्पेनैव नश्यति ।
नाहं ब्रह्मेति संकल्पात् सुदृढाद्बध्यते मनः ।
सर्वं ब्रह्मेति संकल्पात् सुदृढान्मुच्यते मनः ॥122॥

कृशोऽहं दुःखबद्धोऽहं हस्तपादादिमानहम् ।
इति भावानुरूपेण व्यवहारेण बध्यते ॥123॥
नाहं दुःखी न मे देहो बन्धः कोऽस्यात्मनि स्थितः ।
इति भावानुरूपेण व्यवहारेण मुच्यते ॥124॥
नाहं मांसं न चास्थीनि देहादन्यः परोऽस्म्यहम् ।
इति निश्चितवानन्तः क्षीणाविद्यो विमुच्यते ॥125॥

अत: ऐसे केवल संकल्पों के द्वारा ही सिद्ध होने वाली (मानी जाने वाली) यह अविद्या, संकल्पों के द्वारा ही नष्ट की जा सकती है। 'मैं ब्रह्म नहीं हूँ'—ऐसे सुदृढ़ संकल्प से ही मन बँध जाता है और 'यह सब ब्रह्म ही है'—ऐसे सुदृढ संकल्प से मन मुक्त हो जाता है। 'मैं दुबला-पतला हूँ', 'मैं दु:खों से बँध गया हूँ', 'मैं हाथ-पैरों वाला हूँ'—इत्यादि प्रकार के भावों के अनुरूप ही मनुष्य बँध जाता है। परन्तु यदि 'मैं दु:खी नही हूँ', 'मेरा कोई देह नहीं है', 'मुझ (आत्मा) में यह बन्ध कैसे आ सकता है ?' इस प्रकार के सुदृढ़ भाव हों, तो ऐसे सुदृढ़ भावों के अनुरूप व्यवहार से मनुष्य की मुक्ति हो जाती है। 'मैं मांस नहीं हूँ, हड्डियाँ भी नहीं हूँ, मैं देह से अलग हूँ, मैं सर्व से परे हूँ'—ऐसे विचार करने वाला मनुष्य अपने भीतर की अविद्या का नाश हो जाने से मुक्त हो जाता है।

कल्पितेयमविद्येयमनात्मन्यात्मभावनात् ।
परं पौरुषमाश्रित्य यत्नात् परमया धिया ।
भोगेच्छां दूरतस्त्यक्त्वा निर्विकल्पः सुखी भव ॥126॥
मम पुत्रो मम धनमहं सोऽयमिदं मम ।
इतीयमिन्द्रजालेन वासनैव विवल्गति ॥127॥
मा भवाज्ञो भव ज्ञस्त्वं जहि संसारभावनाम् ।
अनात्मन्यात्मभावेन किमज्ञ इव रोदिषि ॥128॥

अनात्मा में आत्मा की भावना होने से यह अविद्या कल्पित ही है। इसलिए प्रयत्नपूर्वक उत्तम पुरुषार्थ का अवलम्बन करके श्रेष्ठ बुद्धि के द्वारा भोगों की दृष्टि को दूर से ही फेंक दो (छोड़ दो) और विकल्पों से रहित होकर सुखी बने रहो। 'मेरा पुत्र', 'मेरा धन', 'यह मैं हूँ', 'यह मेरा है'—इस प्रकार की वासना ही इन्द्रजाल के रूप में छलाँगें मार रही हैं। इसलिए अज्ञानी मत बनो, अपितु ज्ञानी बन जाओ। संसार की भावना छोड़ दो। अनात्मा में आत्मभाव करके अज्ञानी की तरह रोते क्यों हो ?

कस्तवायं जडो मूको देहो मांसमयोऽशुचिः ।
यदर्थं सुखदुःखाभ्यामवशः परिभूयसे ॥129॥
अहो नु चित्रं यत् सत्यं ब्रह्म तद्विस्मृतं नृणाम् ।
तिष्ठतस्तव कार्येषु माऽस्तु रागानुरञ्जना ॥130॥
अहो नु चित्रं पद्मोत्थैर्बद्धास्तन्तुभिरद्रयः ।
अविद्यमाना याऽविद्या तया विश्वं खिलीकृतम् ।
इदं तद्वज्रतां यातं तृणमात्रं जगत्त्रयम् ॥131॥
इति महोपनिषत् ।

इति चतुर्थोऽध्यायः ।

जड, गूँगा, मांस से भरा यह अपवित्र देह तुम्हारा कहाँ है कि जिसके लिए तुम सुखों और दु:खों के वश में आकर हैरान परेशान होते हो ? अहा ! यह तो आश्चर्य की बात है कि जो सत्य-स्वरूप ब्रह्म है, उसे ही लोग भूल गए हैं और उसी तरह तुम भी कामनाओं में फँसकर उसके रंग से आप्लावित मत हो जाओ अर्थात् कामनाओं के रंग में सराबोर मत होओ। अहा ! यह तो बड़ा अचरज है कि कमल के तंतुओं से पर्वत बँध गए हैं। अविद्या वास्तव में कोई वस्तु ही नहीं है, फिर भी उसने सारे संसार को थाम रखा है। पारमार्थिक रूप से ये तीनों भुवन (जगत्) नि:सार (तुच्छ) ही हैं, फिर भी मानो वज्र जैसे बने हुए हैं ? (यह बड़ा भारी आश्चर्य है) ऐसा यह उपनिषद् कहती है।

यहाँ चतुर्थ अध्याय पूरा हुआ ।

❋

पञ्चमोऽध्यायः

(ऋभुः) अथापरं प्रवक्ष्यामि शृणु तात यथातथम् ।
अज्ञानभूः सप्तपदा ज्ञभूः सप्तपदैव हि ॥1॥
पदान्तराण्यसंख्यानि प्रभवन्त्यन्यथैतयोः ।
स्वरूपावस्थितिर्मुक्तिस्तद्भ्रंशोऽहंत्ववेदनम् ॥2॥
शुद्धसन्मात्रसंवित्तेः स्वरूपान्न चलन्ति ये ।
रागद्वेषादयो भावास्तेषां नाज्ञत्वसम्भवः ॥3॥
यः स्वरूपपरिभ्रंशश्चैत्यार्थे चितिमज्जनम् ।
एतस्मादपरो मोहो न भूतो न भविष्यति ॥4॥

(ऋभु बोले)—हे तात ! मैं और भी तुम्हें यह बताऊँगा, उसे तुम ध्यान देकर सुनो। अज्ञान की भूमि सात स्थानों वाली है और ज्ञान की भूमि भी सात स्थानों वाली है। यों तो इनके अतिरिक्त इसके कई अन्य स्थान हैं (पर मुख्य सात हैं)। अपने स्वरूप में ही अवस्थिति होना ही मुक्ति कहलाती है और अहंकार का अनुभव करना मुक्ति से भ्रष्टता है। शुद्ध वस्तु का सम्यक् (यथातथ) ज्ञान होना ही तो स्वरूपावस्थिति है। इससे जो मनुष्य च्युत नहीं होते (चलित नहीं होते), उनमें रागद्वेषादिभाव नहीं होते। इसलिए वहाँ अज्ञानित्व की कोई सम्भावना ही नहीं है। इस स्वरूपावस्थिति से भ्रष्ट (च्युत) होना और दिखाई देने वाले विषयों में चैतन्य को डुबो देना ही मोह है, इसके अतिरिक्त दूसरा कोई मोह नहीं है, और होगा भी नहीं।

अर्थादर्थान्तरं चित्ते याति मध्ये तु या स्थितिः ।
सा ध्वस्तमननाकारा स्वरूपस्थितिरुच्यते ॥5॥
संशान्तसर्वसंकल्पा या शिलावदवस्थितिः ।
जाग्रन्निद्राविनिर्मुक्ता सा स्वरूपस्थितिः परा ॥6॥
अहन्तांऽशे क्षते शान्ते भेदनिष्पन्दचित्तता ।
अजडा या प्रचलति तत्स्वरूपमितीरितम् ॥7॥

जब मन एक विषय से दूसरे विषय पर जाता है, तब बीच की स्थिति (दूसरे विषय पर जाने से पहले की और पहले विषय के नाश की) जो होती है वही स्वरूपावस्थिति है। जिसमें मनुष्य के सभी संकल्प शान्त हो गए हों, जिसमें स्थिति एक शिला जैसी बन गई हो, जो स्थिति जाग्रत् और निद्रा से

अलग हो, वह उत्कृष्ट स्थिति ही स्वरूपावस्थिति है। जिसमें अहंभाव का समूल (अंश का भी) नाश हो चुका हो, जिसमें शान्तस्वरूप से अभेद भाव में चित्त स्थिर रहता हो और चैतन्यस्वरूप से जो चलता ही रहता हो (सातत्य से युक्त हो) उसे 'स्वरूप' कहा जाता है।

बीजजाग्रत् तथा जाग्रन्महाजाग्रत् तथैव च।
जाग्रत्स्वप्नस्तथा स्वप्नः स्वप्नजाग्रत् सुषुप्तिकम् ॥8॥
इति सप्तविधो मोहः पुनरेष परस्परम्।
श्लिष्टो भवत्यनेकाग्र्यं शृणु लक्षणमस्य तु ॥9॥
प्रथमं चेतनं यत् स्यादनाख्यं निर्मलं चितः।
भविष्यच्चित्तजीवादिनामशब्दार्थभाजनम् ॥10॥
बीजरूपं स्थितं जाग्रद्बीजजाग्रत् तदुच्यते।
एषा ज्ञप्तेर्नवावस्था त्वं जाग्रत्संस्थितिं शृणु ॥11॥

मोह सात प्रकार का होता है—बीजजाग्रत्, जाग्रत्, महाजाग्रत्, जाग्रत्स्वप्न, स्वप्न, स्वप्नजाग्रत् और सुषुप्ति। वे ही जब परस्पर मिल जाते हैं, तब उसे 'अनेकाग्र्य' कहा जाता है। अब उन सातों का लक्षण सुनो—प्रथम तो निर्मल चेतन ही होता है। उसका वर्णन करना तो असंभव है। उस चेतन में से भविष्य में चित्त, जीव आदि नाम एवं जो शब्दादि विषयों का पात्र है, वह बनता है। वही बीजरूप में अवस्थित 'बीजजाग्रत्' अवस्था कहलाती है। अज्ञान की यह नई अवस्था मैंने कही। अब तुम पहले जाग्रत् स्थिति को सुनो।

नवप्रसूतस्य परादयं चाहमिदं मम।
इति यः प्रत्ययः स्वस्थस्तज्जाग्रत् प्रागभावनात् ॥12॥
अयं सोऽहमिदं तन्म इति जन्मान्तरोदितः।
पीवरः प्रत्ययः प्रोक्तो महाजाग्रदिति स्फुटम् ॥13॥
अरूढमथवा रूढं सर्वथा तन्मयात्मकम्।
यज्जाग्रतो मनोराज्यं तज्जाग्रत्स्वप्न उच्यते ॥14॥
द्विचन्द्रशुक्तिकारूप्यमृगतृष्णाऽऽदिभेदतः।
अभ्यासं प्राप्य जाग्रत् तत् स्वप्नो नानाविधो भवेत् ॥15॥

इस नए जन्मे हुए बीजरूप पर (कार्यरूप से) इस कार्यरूप के बाद जो 'यह मैं हूँ', 'यह मेरा है'—ऐसा जो अनुभव होता है, उसे 'जाग्रत्' अवस्था कहा जाता है। वास्तव में वह पहले था ही नहीं इसलिए आत्मस्वरूप में ही यह जाग्रदवस्था थी। 'यह वह मैं हूँ' 'यह वह मेरा है'—ऐसा जन्म-जन्मान्तर का जो पुष्ट हुआ अनुभव प्रकट होता है, उसे स्फुट रूप से महाजाग्रत् कहा जाता है। रूढ़ हो या न हो, फिर भी सदा तन्मय स्वरूप वाले इस जाग्रत् अवस्था का जो मनोराज्य होता है, वह 'जाग्रत्स्वप्न' कहलाता है। और दो चन्द्र, सीप में रजत, मरु-मरीचिका आदि विविध भेदों को बार-बार देखने से (अभ्यास किए जाने से) यह 'स्वप्न' अनेक प्रकार का हो जाता है। (जाग्रदवस्था के संस्कारों से उत्पन्न स्वप्न अनेक प्रकार का होता है।)

अल्पकालं मया दृष्टमेतन्नोदेति यत्र हि।
परामर्शः प्रबुद्धस्य स स्वप्न इति कथ्यते ॥16॥

चिरसन्दर्शनाभावादप्रफुल्लं बृहद्वचः।
चिरं कालानुवृत्तिस्तु स्वप्नो जाग्रदिवोदितः ॥17॥
स्वप्नजाग्रदिति प्रोक्तं जाग्रत्यपि परिस्फुरत्।
षडवस्थापरित्यागे जडा जीवस्य या स्थितिः ॥18॥
भविष्यद्दुःखबोधाढ्या सौषुप्तिः सोच्यते गतिः।
जगत् तस्यामवस्थायामन्तस्तमसि लीयते ॥19॥
सप्तावस्था इमाः प्रोक्ता मयाऽज्ञानस्य वै द्विज।
एकैका शतसंख्याऽत्र नानाविभवरूपिणी ॥20॥

जाग्रदवस्था में विद्यमान मनुष्य को यह अनुभव होता है कि 'जिस वस्तु को मैंने निद्रावस्था में अल्पकाल तक देखा था, वह अब नहीं दिखाई पड़ती।' यह अनुभव 'स्वप्न' कहा जाता है। लम्बे समय तक जिसका दर्शन न हुआ हो, इसलिए जो अप्रफुल्ल(धुँधला)-सा हो, फिर भी लम्बे काल तक जिसका अनुसरण बड़े वचनों द्वारा ही होता रहता हो, उस स्वप्न को जाग्रत् जैसा कहा जाता है वही स्वप्नजाग्रत् है अर्थात् जाग्रत् अवस्था में भी जिसका स्फुरण होता ही रहे, उसे 'स्वप्नजाग्रत्' कहा गया है। ऊपर की इन छहों अवस्थाओं का जिसमें त्याग हो जाता हो और जीव की स्थिति जड़ जैसी हो जाती हो, तो उसे सुषुप्ति अवस्था कहते हैं। दुःख का भान तो उसके बाद के (भविष्य के) समय में हो सकता है, क्योंकि उस स्थिति में तो सारा जगत् अज्ञान में लय हुआ होता है। हे ब्राह्मण ! अज्ञान की ये सात अवस्थाएँ मैंने तुम्हें बताई हैं। इनमें प्रत्येक अवस्था के उपप्रकार सैकड़ों की संख्या में हैं और उनमें अनेक प्रकार के सांसारिक स्वरूप भी हुआ करते हैं।

इमां सप्तपदां ज्ञानभूमिमाकर्णयानघ।
नानया ज्ञातया भूयो मोहपङ्के निमज्जति ॥21॥
वदन्ति बहुभेदेन वादिनो योगभूमिकाः।
मम त्वभिमता नूनमिमा एव शुभप्रदाः ॥22॥

हे निर्दोष मुनि ! अब सात स्थानों वाली इस ज्ञानभूमि को भी तुम सुन लो। इसको जानने के बाद, मनुष्य मोहरूपी कीचड़ में नहीं फँसता। अन्यान्य वादी लोग तरह-तरह की योग भूमिकाएँ बताते रहते हैं, परन्तु मुझे तो ये सात ही मान्य हैं, क्योंकि ये ही कल्याणप्रद हैं।

अवबोधं विदुर्ज्ञानं तदिदं साप्तभूमिकम्।
मुक्तिस्तु ज्ञेयमित्युक्ता भूमिका सप्तकात्परम् ॥23॥
ज्ञानभूमिः शुभेच्छाऽऽख्या प्रथमा समुदाहृता।
विचारणा द्वितीया तु तृतीया तनुमानसी ॥24॥
सत्त्वापत्तिश्चतुर्थी स्यात् ततोऽसंसक्तिनामिका।
पदार्थभावना षष्ठी सप्तमी तुर्यगा स्मृता ॥25॥

ज्ञान को 'अवबोध' नाम दिया गया है। इसकी सात भूमिकाएँ हैं। जिसको 'ज्ञेय' कहा जाता है, उसे ही 'मुक्ति' कहते हैं। यह मुक्ति ज्ञान की सात भूमिकाओं के बाद में ही प्राप्त होती है। पहली ज्ञानभूमि 'शुभेच्छा' नाम से पहचानी गई है। दूसरी भूमि का नाम 'विचारणा' है। तीसरी का नाम 'तनुमानसी' है। चौथी भूमि 'सत्त्वापत्ति' है। पाँचवीं 'असंसक्ति' है। छठी 'पदार्थ भावना' नाम की भूमि है और सातवीं भूमि 'तुर्यगा' कही गई है।

आसामन्तःस्थिता मुक्तिर्यस्यां भूयो न शोचति ।
एतासां भूमिकानां त्वमिदं निर्वचनं शृणु ॥26॥
स्थितः किं मूढ एवास्मि प्रेक्षेऽहं शास्त्रसज्जनैः ।
वैराग्यपूर्वमिच्छेति शुभेच्छेत्युच्यते बुधैः ॥27॥
शास्त्रसज्जनसंपर्कवैराग्याभ्यासपूर्वकम् ।
सदाचारप्रवृत्तिर्या प्रोच्यते सा विचारणा ॥28॥

इन भूमिकाओं के भीतर मुक्ति अवस्थित है। इस मुक्ति में रहकर प्राणी कभी शोक नही करता। अब तुम इन भूमिकाओं की व्याख्या सुनो। 'मैं मूढ ही क्यों रह गया ? शास्त्र और सज्जन मुझे देखते ही रहते हैं'—इस प्रकार की वैराग्य से युक्त जो इच्छा होती है, उसे विद्वान् लोग 'शुभेच्छा' के नाम से पहचानते हैं। अब, यदि शास्त्रों और सज्जनों के सम्बन्ध से वैराग्य हो और उसके अभ्यास से जो सदाचार किया जाता हो, उसे 'विचारणा' कहा गया है।

विचारणाशुभेच्छाभ्यामिन्द्रियार्थेषु रक्तता ।
यत्र सा तनुतामेति प्रोच्यते तनुमानसी ॥29॥
भूमिकात्रितयाभ्यासाच्चित्ते तु विरतेर्वशात् ।
सत्त्वात्मनि स्थिते शुद्धे सत्त्वापत्तिरुदाहृता ॥30॥
दशाचतुष्टयाभ्यासादसंसर्गकला तु या ।
रूढसत्त्वचमत्कारा प्रोक्ताऽसंसक्तिनामिका ॥31॥
भूमिकापञ्चकाभ्यासात् स्वात्मारामतया दृढम् ।
आभ्यन्तराणां बाह्यानां पदर्थानामभावनात् ॥32॥

इन्द्रियों के विषयों पर होता हुआ राग, पूर्वोक्त 'विचारणा' और 'शुभेच्छा' के योग से जहाँ पर क्षीण हो जाता है, ऐसी अवस्था को 'तनुमानसी' कहा जाता है। उपर्युक्त तीन भूमिकाओं के अभ्यास से जब चित्त में वैराग्य उत्पन्न हो जाए और उसके कारण शुद्ध सत्त्वयुक्त आत्मा में साधक स्थिर बना रहे, तो ऐसी अवस्था को 'सत्त्वापत्ति' कहा जाता है। इन चार दशाओं (अवस्थाओं) के अभ्यास से जहाँ पर कोई संसर्गजन्य स्थिति न हो और सत्त्व तत्त्व का ही चमत्कार रूढ़ बन जाए, तो ऐसी अवस्था को 'असंसक्ति' के नाम से कहा जाता है। अब जब ऊपर ही उन पाँचों भूमिकाओं के अभ्यास से अपने आत्मा में ही रमण होता रहे और भीतर के और बाहर के पदार्थ दिखाई ही न पड़ें, तब—

परप्रयुक्तेन चिरं प्रयत्नेनावबोधनम् ।
पदार्थभावना नाम षष्ठी भवति भूमिका ॥33॥
भूमिषट्कचिराभ्यासाद्भेदस्यानुपलम्भनात् ।
यत् स्वभावैकनिष्ठत्वं सा ज्ञेया तुर्यगा गतिः ॥34॥
एषा हि जीवन्मुक्तेषु तुर्यावस्थेति विद्यते ।
विदेहमुक्तिविषयं तुर्यातीतमतः परम् ॥35॥

यदि अन्य लोगों के लम्बे काल तक प्रयत्न करने पर ही बाहर के पदार्थ देखने में आ सकें, तब 'पदार्थभावना' नाम की छठी भूमिका होती है। अब इन छहों भूमिकाओं के लम्बे काल तक किए गए अभ्यास के द्वारा जब भेद का भाव ही नष्ट हो जाए और उस भेदाभाव से आत्मस्वरूप में एकनिष्ठता प्राप्त हो जाए, तो उस भूमिका को 'तुर्यगा' समझना चाहिए। जीवन्मुक्त पुरुषों में यही अवस्था

'तुर्यावस्था' के रूप में अनुभवगम्य होती है। 'तुरीयातीत दशा' तो विदेह मुक्ति के साथ सम्बन्ध रखती है। वह इससे परे है।

ये निदाघ महाभागाः सप्तमीं भूमिमाश्रिताः ।
आत्माऽऽरामा महात्मानस्ते महत्पदमागताः ॥36॥
जीवन्मुक्ता न मज्जन्ति सुखदुःखरसस्थिते ।
प्रकृतेनाथ कार्येण किञ्चित् कुर्वन्ति वा न वा ॥37॥
पार्श्वस्थबोधिताः सन्तः पूर्वाचारक्रमागतम् ।
आचारमाचरन्त्येव सुप्तबुद्धवदुत्थिताः ॥38॥

हे निदाघ ! जो महाभाग्यशाली लोग इस सातवीं ज्ञानभूमिका पर पहुँचकर अपनी आत्मा में ही रमण करते रहते हों, वे महान् पद पर पहुँच गए हैं। ऐसे जीवन्मुक्त लोग, सुख-दुःख के रस से भरी स्थिति में डूब नहीं जाते। वे लोग कभी प्रकृति के कार्य का अनुसरण करके कुछ कर भी लेते हैं और कुछ नहीं भी कर लेते। आसपास के लोग उन्हें बताते हैं, तब कभी वे कहीं आचार के क्रम से चलता हुआ आचार कर दिया करते हैं। वे मानो नींद में से उठे हों, ऐसे ही मालूम पड़ते हैं।

भूमिकासप्तकं चैतद्धीमतामेव गोचरम् ।
प्राप्य ज्ञानदशामेतां पशुम्लेच्छाऽऽदयोऽपि ये ॥39॥
सदेहा वाऽप्यदेहा वा ते मुक्ता नात्र संशयः ।
ज्ञप्तिर्हि ग्रन्थिविच्छेदस्तस्मिन् सति विमुक्तता ॥40॥
मृगतृष्णाऽम्बुबुद्ध्यादिशान्तिमात्रात्मकस्त्वसौ ।
ये तु मोहार्णवात्तीर्णास्तैः प्राप्तं परमं पदम् ॥41॥
ते स्थिता भूमिकास्वासु स्वात्मलाभपरायणाः ।
मनःप्रशमनोपायो योग इत्यभिधीयते ॥42॥

ये सात भूमिकाएँ तो केवल बुद्धिमानों के विषयरूप ही हैं। इस ज्ञानावस्था को पाकर पशु और म्लेच्छ लोग भी सदेहरूप में या विदेहरूप में मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। मोह की गाँठ टूट जाने का ही दूसरा नाम ज्ञान है। ऐसा ज्ञान हो जाने से मरुमरीचिका में जैसे जलबुद्धि का भ्रम नष्ट हो जाता है, वैसे ही संसार सम्बन्धी अहंता-ममता का नाश हो जाता है। और जो लोग मोहरूपी सागर को पार कर गए हैं, उन्होंने तो परमपद प्राप्त कर ही लिया है। ऐसे लोग आत्मकल्याण में परायण होकर इन भूमिकाओं में आरूढ़ होते हैं। मन को प्रशान्त करने के इस उक्त प्रकार को योग कहा जाता है।

सप्तभूमिः स विज्ञेयः कथितास्ताश्च भूमिकाः ।
एतासां भूमिकानां तु गम्यं ब्रह्माभिधं पदम् ॥43॥
त्वत्ताऽहन्ताऽऽत्मता यत्र परता नास्ति काचन ।
न क्वचिद्भावकलना न भावाभाव गोचरा ॥44॥
सर्वं शान्तं निरालम्बं व्योमस्थं शाश्वतं शिवम् ।
अनामयमनाभासमनामकमकारणम् ॥45॥
न सन्नासन्न मध्यान्तन्न सर्वं सर्वमेव च ।
मनोवचोभिरग्राह्यं पूर्णात् पूर्णं सुखात् सुखम् ॥46॥

वह 'योग' सप्तभूमिका रूप ही है। इसीलिए यहाँ वे सातों भूमिकाएँ कही गई हैं। इन भूमिकाओं के द्वारा ब्रह्म नाम का पद प्राप्त किया जा सकता है। जिसमें न अहंभाव होता है, न ही त्वना ('तू'पने) का भाव होता है, अथवा जिसमें कोई परायापन नहीं रहता, जहाँ कहीं भी पदार्थों का ज्ञान नहीं होता, जो न भाव का विषय है, न वा किसी अभाव का विषय है, सब कुछ शान्त, निरवलम्ब, आकाश में अवस्थित और सनातन कल्याणस्वरूप ही होता है, ऐसी वह स्थिति निर्दोष, आभासरहित, नामरहित और कारणरहित है। वह सत् भी नहीं है, असत् भी नहीं है, मध्य भी नही हैं, अन्त भी नहीं हैं; सब न होते हुए भी सर्वस्वरूप ही है। मन और वचन के द्वारा उसे ग्रहण नही किया जा सकता। वह पूर्ण से भी पूर्ण है, और सुख का भी सुख है।

असंवेदनमाशान्तमात्मवेदनमाततम्।
सत्ता सर्वपदार्थानां नान्या संवेदनादृते ॥47॥
सम्बन्धे द्रष्टृदृश्यानां मध्ये दृष्टिर्हि यद्वपुः।
द्रष्टृदर्शनदृश्यादिवर्जितं तदिदं पदम् ॥48॥
देशाद्देशं गते चित्ते मध्ये यच्चेतसो वपुः।
अजाड्यसंविन्मननं तन्मयो भव सर्वदा ॥49॥

उसका सम्यक् (सम्पूर्ण) अनुभव होता ही नहीं है। वह चारों ओर पूर्ण शान्त है, वह आत्मा का अनुभवरूप है, वह चारों ओर फैला हुआ है, वह सर्व पदार्थों की सत्तारूप है। और वह श्रेष्ठ ज्ञान के अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं। द्रष्टा और दृश्य की शक्ति के सम्बन्ध में बीच में जो शक्ति है, वही उसका शरीर है। और वही द्रष्टा, दृश्य तथा दर्शन—तीनों से रहित पद भी है। जब चित्त एक देश से दूसरे देश में गया हुआ होता है, तब बीच में चित्त का जो शरीर होता है, वह जडतारहित, ज्ञानमय तथा मननरूप होता है। वैसे ही तुम सर्वदा बने रहो।

अजाग्रत्स्वप्ननिद्रस्य यत्ते रूपं सनातनम्।
अचेतनं चाजडं च तन्मयो भव सर्वदा ॥50॥
जडतां वर्जयित्वैकां शिलाया हृदयं हि तत्।
अमनस्कस्वरूपं यत् तन्मयो भव सर्वदा।
चित्तं दूरे परित्यज्य योऽसि सोऽसि स्थिरो भव ॥51॥

जाग्रत्, स्वप्न तथा सुषुप्तिरहित ऐसा तुम्हारा जो सनातन रूप है, वह न तो चेतन है, न जड ही है। तुम सर्वदा ऐसे ही निरपेक्ष बने रहो। जडता को छोड़ दो क्योंकि वह तो पत्थर का हृदय ही है। तुम तो जो अमनस्क स्वरूप (मनोरहित स्वरूप वाला परमपद) है, उसमें परायण (तन्मय होकर) रहो अर्थात् सर्वदा तत्परायण रहो। चित्त को दूर फेंक कर जो तुम हो उसी रूप में स्थिर हो जाओ।

पूर्वं मनः समुदितं परमात्मतत्त्वात्
तेनाततं जगदिदं सविकल्पजालम्।
शून्येन शून्यमपि विप्र यथाऽम्बरेण
नीलत्वमुल्लसति चारुतराभिधानम् ॥52॥
संकल्पसंक्षयवशाद्गलिते तु चित्ते
संसारमोहमिहिका गलिता भवन्ति।

स्वच्छं विभाति शरदीव खमागतायां
चिन्मात्रमेकमजमाद्यमनन्तमन्तः ॥53॥

परमात्मरूप तत्त्व में से पहले मन का प्राकट्य हुआ। और उसी ने विकल्पों के जालों के साथ इस पूरे जगत् को फैलाया है। हे ब्राह्मण ! जिस प्रकार आकाश में से नीलस्वरूप सुन्दरतर अभिधान वाला प्रकट हो जाता है, उसी तरह शून्य में से भी शून्यरूप प्रकट हो ही सकता है। संकल्पों के नाश के कारण से चित्त जब निगल जाता है, तब संसाररूप मोह की ओस भी निगल ही जाती है। जैसे शरद् ऋतु के आने पर आकाश स्वच्छ दिखाई देता है, उसी तरह अन्तस् में जन्मरहित एवं अनादि अनन्त एकमात्र चैतन्य ही प्रकाशित होता है।

अकर्तृकमरङ्गं च गगने चित्रमुत्थितम्।
अद्रष्टृकं स्वानुभवमनिद्रस्वप्नदर्शनम् ॥54॥
साक्षिभूते समे स्वच्छे निर्विकल्पे चिदात्मनि।
निरिच्छं प्रतिबिम्बन्ति जगन्ति मुकुरे यथा ॥55॥
एकं ब्रह्म चिदाकाशं सर्वात्मकमखण्डितम्।
इति भावय यत्नेन चेतश्चाञ्चल्यशान्तये ॥56॥
रेखोपरेखावलिता यथैका पीवरी शिला।
तथा त्रैलोक्यवलितं ब्रह्मैकमिह दृश्यताम् ॥57॥

जिस तरह आकाश में बिना कर्ता के और बिना रंगों के यों ही चित्र उत्पन्न हो जाता है, ऐसा ही यह जगत् है। मूल तत्त्व तो द्रष्टारहित, निद्रारहित, स्वप्नरहित ऐसा केवल स्वानुभव रूप दर्शन (ज्ञान) ही है। चिदात्मा तो केवल साक्षीरूप, एक समान स्थिति वाला और विकल्परहित ही है। जिस प्रकार दर्पण में किसी की इच्छा न होने पर भी प्रतिबिम्ब पड़ ही जाता है, उसी प्रकार उस चैतन्य में जगत् के प्रतिबिम्ब पड़ जाते हैं। इसलिए चित्त की चंचलता को शान्त करने के लिए तुम यही सोचा करो कि 'चिदाकाशरूप ब्रह्म एक ही वस्तु है, और वही सर्व का आत्मा और अखण्ड स्वरूप है।' जैसे एक मोटी शिला रेखाओं तथा उपरेखाओं से आवेष्टित होती है, वैसे ही एक ब्रह्म ही त्रैलोक्य द्वारा आवृत (आवेष्टित) होकर व्यापक रूप में अवस्थित है, ऐसा तुम सर्वत्र देखते रहो।

द्वितीयकारणाभावादनुत्पन्नमिदं जगत्।
ज्ञातं ज्ञातव्यमधुना दृष्टं द्रष्टव्यमद्भुतम् ॥58॥
विश्रान्तोऽस्मि चिरं श्रान्तश्चिन्मात्रान्नास्ति किञ्चन।
पश्य विश्रान्तसन्देहं विगताशेषकौतुकम् ॥59॥
निरस्तकल्पनाजालमचित्तत्त्वं परं पदम्।
त एव भूमतां प्राप्ताः संशान्ताशेषकिल्बिषाः ॥60॥

ब्रह्म के बिना अन्य कोई कारण है ही नहीं। इससे वास्तव में यह जगत् उत्पन्न हुआ ही नहीं है। इस प्रकार जो जानने लायक बात है, वह तुमने जान ली है और जो कुछ अद्भुत देखने लायक है, वह देख लिया है। 'लम्बे समय से थका हुआ मैं विश्रान्ति को प्राप्त किया हुआ हूँ, क्योंकि मात्र चेतन के बिना तो और कुछ है ही नहीं।' इस प्रकार निःसंदेह रूप से और सब कौतुक दूर करके देखो। जिसमें से कल्पना के सभी जाल हट चुके हैं, ऐसी चित्तरहित स्थिति ही परमपद है। जिनके कल्पनारूपी पाप शान्त हो गए हों, वे ही उस परमपद को प्राप्त कर सकते हैं।

महाधियः शान्तधियो ये याता विमनस्कताम् ।
जन्तोः कृतविचारस्य विगलद्वृत्तिचेतसः ॥61॥
मननं त्यजतो नित्यं किञ्चित् परिणतं मनः ।
दृश्यं सन्त्यजतो हेयमुपादेयमुपेयुषः ॥62॥
द्रष्टारं पश्यतो नित्यमद्रष्टारमपश्यतः ।
विज्ञातव्ये परे तत्त्वे जागरूकस्य जीवतः ॥63॥
सुप्तस्य घनसम्मोहमये संसारवर्त्मनि ।
अत्यन्तपक्ववैराग्यादरसेषु रसेष्वपि ॥64॥

जो लोग मनरहित स्थिति को प्राप्त हो चुके हैं, वे बड़े बुद्धिमान् और शान्तचित्त वाले होते हैं। ब्रह्म का ही विचार करने वाले और इससे जिसकी चित्तवृत्तियाँ विलीन हो गई हैं ऐसे तथा ब्रह्म के अलावा अन्य प्रकार का विचार जिसने छोड़ दिया है ऐसे जन्तु का (प्राणी का) मन कुछ हद तक ब्रह्माकार में परिणत हो जाता है। जिसने त्याज्य वस्तु का त्याग कर दिया हो और ग्राह्य वस्तु का ग्रहण कर लिया हो, जो केवल द्रष्टा को ही देखता हो और अद्रष्टा को देखता ही न हो, जो जानने योग्य परम तत्त्व के लिए जाग्रत् होकर जी रहा हो, जो प्रगाढ़ मोहमय संसारमार्ग में सोता-सा ही रहे, जिसके लिए अत्यन्त परिपक्व वैराग्य के कारण सांसारिक रस सब रसहीन हो गये हों, और—

संसारवासनाजाले खगजाल इवाखुना ।
त्रोटिते हृदयग्रन्थौ श्लथे वैराग्यरंहसा ॥65॥
कातकं फलमासाद्य यथा वारि प्रसीदति ।
तथा विज्ञानवशतः स्वभावः सम्प्रसीदति ॥66॥

जिस प्रकार चूहा पक्षी के जाल को काट डालता है, वैसे ही जिनका वासनारूपी जाल टूट गया हो और वैराग्य के योग से जिनकी हृदय की ग्रन्थियाँ ढीली पड़ गई हों, इसलिए जैसे निर्मली नाम की वनस्पति के फल को पाकर गन्दा पानी निर्मल हो जाता है, वैसे ही उस विज्ञान के कारण उन प्राणियों का आत्मा प्रसन्न हो जाता है।

नीरांग निरुपासङ्गं निर्द्वन्द्वं निरुपाश्रयम् ।
विनिर्याति मनो मोहाद्विहगः पञ्जरादिव ॥67॥
शान्तसन्देहदौरात्म्यं गतकौतुकविभ्रमम् ।
परिपूर्णान्तरं चेतः पूर्णेन्दुरिव राजते ॥68॥
नाहं न चान्यदस्तीह ब्रह्मैवास्मि निरामयम् ।
इत्थं सदसतोर्मध्याद्यः पश्यति स पश्यति ॥69॥

बाद में राग से रहित, निःसंग, द्वन्द्वरहित और आश्रयरहित मन, जिस प्रकार पंछी पिंजरे में से निकल जाता है, उसी तरह मोह में से निकल जाता है। इस प्रकार सन्देहात्मक दुष्टता के दूर हो जाने से स्वभाव शान्त हो जाता है, कौतुक की भ्रान्तियाँ टूट जाती हैं। ऐसा होने पर परिपूर्ण (ब्रह्माकार से भरा) चित्त पूर्ण चन्द्र की तरह प्रकाशित हो उठता है। 'इस जगत् में मैं नहीं हूँ और अन्य भी कुछ नहीं है। मैं ही निर्दोष ब्रह्म हूँ'—इस तरह सत् और असत् के बीच में से जो देखता है, वही सही रूप से देखता है (शेष तो सब अन्धे ही हैं)।

अयत्नोपनतेष्वक्षिदृग्द्रव्येषु यथा मनः ।
नीरागमेव पतति तद्वत् कार्येषु धीरधीः ॥70॥
परिज्ञायोपभुक्तो हि भोगो भवति तुष्टये ।
विज्ञाय सेवितश्चोरो मैत्रीमेति न चोरताम् ॥71॥
अशङ्कितोऽपि सम्प्राप्ता ग्रामयात्रा यथाऽध्वगैः ।
प्रेक्ष्यते तद्वदेव ज्ञैर्भोगश्रीरवलोक्यते ॥72॥
मनसो निगृहीतस्य लीलाभोगोऽल्पकोऽपि यः ।
तमेवालब्धविस्तारं क्लिष्टत्वाद्बहुमन्यते ॥73॥
बन्धमुक्तो महीपालो ग्रासमात्रेण तुष्यति ।
परैरबद्धो नाक्रान्तो न राष्ट्रं बहु मन्यते ॥74॥

किसी प्रयत्न या अन्य कारण के बिना जिस प्रकार उपस्थित हुए दृश्य, दर्शन और द्रष्टा में मन रागरहित (उपेक्षा भाव वाला) होता है, इसी प्रकार धीर बुद्धिवाला मनुष्य सभी कार्यों में नीराग (रागरहित) हो जाता है। पूर्णतः स्वरूप को जानने के बाद ही भोगा गया भोग सन्तोष प्रदान करता है। जैसे पूरी पहचान के बाद परस्पर व्यवहार में लाया गया चोर मैत्री को ही प्राप्त करवाता है, अपनी चोरता को नहीं प्राप्त करवाता। जिस प्रकार हानि-लाभ की किसी प्रकार की चिन्ता किए बिना यों ही उपस्थित हुई ग्रामयात्रा को पथिक लोग देखते हैं, उसी प्रकार ज्ञानी लोग यदृच्छया आयी हुई भोगलक्ष्मी को अशंकित होकर उपेक्षा भाव से ही देखते हैं। वश में लाए गए मन के लिए तो थोड़ा भी भोग यदि लीला मात्र में (यों ही) आ पड़ा हो, तो भी वह मन उस अविस्तृत (छोटे से) भोग को भी क्लेशकारी होने से बहुत-बहुत ही मान लेता है। एक बार बन्दी बनकर छूटा हुआ राजा जो एक छोटे ग्रास (जमीन के टुकड़े से) भी सन्तुष्ट हो जाता है, परन्तु जो शत्रुओं के द्वारा कभी बन्दी बनाया ही न गया हो और दबाया न गया हो, ऐसा राजा तो समग्र देश प्राप्त हो जाए फिर भी उसे बहुत नहीं मानता (संतुष्ट नहीं होता)। (अर्थात् दबाया गया और वश में किया गया मन ही संतुष्ट होकर शान्त बैठ सकता है, स्वतंत्र या स्वेच्छाचारी मन नहीं।)

हस्तं हस्तेन संपीड्य दन्तैर्दन्तान् विचूर्ण्य च ।
अङ्गान्यङ्गैरिवाक्रम्य जयेदादौ स्वकं मनः ॥75॥
मनसो विजयान्नान्या गतिरस्ति भवार्णवे ।
महानरकसाम्राज्ये मत्तदुष्कृतवारणाः ।
आशाशरशलाकाढ्या दुर्जया हीन्द्रियारयः ॥76॥
प्रक्षीणचित्तदर्पस्य निगृहीतेन्द्रियद्विषः ।
पद्मिन्य इव हेमन्ते क्षीयन्ते भोगवासनाः ॥77॥
तावन्निशीव वेताला वसन्ति हृदि वासनाः ।
एकतत्त्वदृढाभ्यासाद्यावन्न विजितं मनः ॥78॥

इसलिए हाथ से हाथ मसलकर, दाँत से दाँत पीसकर, अंगों से अंग घिसकर, पहले तो किसी प्रकार से अपने मन को ही जीत लेना चाहिए। मन को जीतने के सिवाय अन्य कोई भी मार्ग इस संसार-सागर में है ही नहीं। संसार तो बड़े नरकों का साम्राज्य है, इसमें पापरूपी बड़े-बड़े हाथी रहते हैं और ये इन्द्रियरूपी शत्रु हाथ में आशारूपी अनेक तीक्ष्ण बाणों से सज्ज होकर दुर्जय बने हुए हैं।

जिस प्रकार हेमन्त ऋतु में कमल के पौधे नष्ट हो जाते हैं, वैसे ही जिसके चित्त का गर्व नष्ट हो गया हो और जिसके इन्द्रियरूपी शत्रु वश हो गए हों, उन्हीं की भोगवासनाएँ नष्ट होती हैं। जहाँ तक एक परमतत्त्व के अभ्यास के द्वारा मन जीता हुआ नहीं होता, वहाँ तक तो रात्रि में जैसे भूतप्रेत इधर-उधर घूमते रहते हैं, उसी तरह हृदय में वासनाएँ घूमती रहती हैं।

भृत्योऽभिमतकर्तृत्वान्मन्त्री सर्वार्थकारणात्।
सामन्तश्चेन्द्रियाक्रान्तेर्मनो मन्ये विवेकिनः ॥79॥
लालनात् स्निग्धलालना पालनात् पालकः पिता।
सुहृदुत्तमविन्यासान्मनो मन्ये मनीषिणः ॥80॥
स्वालोकतः शास्त्रदृशा स्वबुद्ध्या स्वानुभावितः।
प्रयच्छति परां सिद्धिं त्यक्त्वाऽऽत्मानं मनःपिता ॥81॥
सुहृष्टः सुदृढः स्वच्छः सुक्रान्तः सुप्रबोधितः।
स्वगुणेनोर्जितो भाति हृदि हृद्यो मनोमणिः ॥82॥

मैं तो मानता हूँ कि विवेकी मनुष्य का मन तो चाहा हुआ काम करने वाला एक चाकर ही है। और साथ ही सभी विषयों में सही सलाह देने वाला मंत्री भी है। वह इन्द्रियों को दबा देने वाला एक सामन्त भी है। वह प्यार करने वाली प्रेमभरी प्रियतमा भी है। वह पालक पिता भी है, धरोहर (थाती) रखनेवाला उत्तम मित्र भी वह है। मैं तो बुद्धिमान ज्ञानी के मन को ऐसा ही मानता हूँ। मनरूपी पिता अपने प्रकाश से शास्त्ररूप दृष्टि द्वारा अपनी बुद्धि से और अपने प्रभाव से अपना ही त्याग करके परमसिद्धि प्रदान करता है। मन तो हृदय में रहा हुआ सुन्दर मणि है। उसको ठीक तरह से दबाकर (वश में लाकर) यदि अत्यन्त निर्मल और स्वच्छ बनाया जाए तो वह ऊर्जित होकर प्रकाशित होता है। नहीं तो वह अतिहृष्ट और आभास के भ्रम से सुदृढ़ भी हो सकता है। (यह वशीभूत और अवशीभूत मन का भेद है।)

एनं मनोमणिं ब्रह्मन् बहुपङ्ककलङ्कितम्।
विवेकवारिणा सिद्ध्यै प्रक्षाल्यालोकवान् भव ॥83॥
विवेकं परमाश्रित्य बुद्ध्या सत्यमवेक्ष्य च।
इन्द्रियारीनलं छित्त्वा तीर्णो भव भवार्णवात् ॥84॥
आस्थामात्रमनन्तानां दुःखानामाकरं विदुः।
अनास्थामात्रमभितः सुखानामालयं विदुः ॥85॥

हे ब्राह्मण! यह मनरूपी मणि अनेक प्रकार के कीचड़ से मैला हो गया है। इसलिए उसे विवेकरूपी पानी से धोकर सिद्धि प्राप्त करने के लिए तुम प्रकाशित हो जाओ। उत्तम विवेक का अवलम्बन करके तुम अपनी ही बुद्धि से सत्य को देखो (पहचान लो) और बाद में इन्द्रियरूपी शत्रुओं को समूल उखाड़कर फेंककर संसारसागर को पार कर जाओ। ज्ञानी लोग किसी भी वस्तु पर मन की आस्था (अविद्यात्मक विश्वास) को अनन्त दुःखों की खान ही समझते हैं और चारों ओर की अनास्था को (सभी पदार्थों के प्रति अविश्वसनीयता को) ही सुखों का स्थान मानते हैं।

वासनातन्तुबद्धोऽयं लोको विपरिवर्तते।
सा प्रसिद्धाऽतिदुःखाय सुखायोच्छेदमागता ॥86॥

धीरोऽप्यतिबहुज्ञोऽपि कुलजोऽपि महानपि।
तृष्णया बध्यते जन्तुः सिंहः शृङ्खलया यथा ॥87॥
परमं पौरुषं यत्नमास्थायादाय सूद्यमम्।
यथाशास्त्रमनुद्वेगमाचरन् को न सिद्धिभाक् ॥88॥
अहं सर्वमिदं विश्वं परमात्माऽहमच्युतः।
नान्यदस्तीति संवित्त्या प्रथमा सा ह्यहंकृतिः ॥89॥

यह लोक वासनारूपी तन्तुओं से बँधकर इधर-उधर घूमता रहता है। यह वासना ही सबकी जानी-मानी हुई अत्यन्त दुःख उत्पन्न करने वाली है। यदि वह नष्ट हो जाए, तो उसका वह नाश बड़े सुख के लिए हो जाता है। मनुष्य कितना भी धैर्यवान हो, कितना भी महाज्ञानी हो, कितना भी कुलवान हो और कितना भी बड़ा क्यों न हो, फिर भी जिस तरह सिंह शृंखला से बँध जाता है, उसी तरह तृष्णा से बँध जाता है। फिर भी परम पुरुषार्थ, सख्त उद्यम और परिश्रम का आश्रय लेकर बिना थके, बिना उद्वेग के, शास्त्रानुसार आचरण करने वाला भला कौन मनुष्य सिद्धि को प्राप्त नहीं कर सकता? 'यह सारा जगत् मैं ही हूँ, मैं अविनाशी आत्मा हूँ, मेरे बिना और कुछ है ही नहीं'—इस प्रकार के ज्ञान से जो अहंकार किया जाता है वह प्रथम उत्तम अहंकार है।

सर्वस्माद्व्यतिरिक्तोऽहं वालाग्रादप्यहं तनुः।
इति या संविदो ब्रह्मन् द्वितीयाऽहंकृतिः शुभा ॥90॥
मोक्षायैषा न बन्धाय जीवन्मुक्तस्य विद्यते ॥91॥
पाणिपादादिमात्रोऽयमहमित्येष निश्चयः।
अहंकारस्तृतीयोऽसौ लौकिकस्तुच्छ एव सः ॥92॥
जीव एव दुरात्माऽसौ कन्दः संसारदुस्तरोः।
अनेनाभिहतो जन्तुरधोऽधः परिधावति ॥93॥

हे ब्राह्मण! और जो 'मैं सबसे अलग हूँ, मैं बाल के अग्रभाग से भी सूक्ष्म हूँ'—इस प्रकार के ज्ञान से जो अहंकार किया जाता है, वह दूसरा शुभ अहंकार है (पहले से कुछ उतरता हुआ यह शुभाहंकार है)। इस प्रकार का अहंकार शुभ इसलिए है क्योंकि यह मोक्षकारक है, बन्धनकारक नहीं है। ऐसा अहंकार जीवन्मुक्त को होता है। परन्तु, 'हाथ-पैर वाला यह देह ही मैं हूँ'—इस प्रकार का जो निश्चयात्मक तीसरा अहंकार है, वह तुच्छ अहंकार है, वह लौकिक अहंकार है। यह जीव ही दुष्टात्मा है और संसाररूपी दुष्ट वृक्षों का यही मूल है। इसी से (जीवत्व से ही) मारा हुआ प्राणी नीचे से भी नीचे दौड़ादौड़ी करता रहता है।

अनया दुरहंकृत्या भावात् सन्त्यक्तया चिरम्।
शिष्टाहंकारवान् जन्तु शमवान् याति मुक्तताम् ॥94॥
प्रथमौ द्वावहंकारावङ्गीकृत्य त्वलौकिकौ।
तृतीयाऽहंकृतिस्त्याज्या लौकिकी दुःखदायिनी ॥95॥
अथ ते अपि सन्त्यज्य सर्वाहंकृतिवर्जितः।
स तिष्ठति तथाऽत्युच्चैः परमेवाधिरोहति ॥96॥

इस प्रकार यह जो तीसरा अहंकार है, वह बहुत ही दुष्ट है। उसे यदि निष्ठापूर्वक छोड़ा जाए, तो प्राणी तुरन्त ही उत्तम अहंकार वाला और शमयुक्त हो जाता है और मुक्त हो जाता है। इसलिए पहले

बताए हुए दो अलौकिक अहंकारों को स्वीकार करके तीसरे अहंकार को छोड़ देना चाहिए। क्योंकि वह लौकिक है और दुःखकर भी है। परन्तु जो मनुष्य पहले के दो अहंकारों को भी छोड़कर सभी प्रकार के अहंकारों से रहित हो जाता है, वह तो अत्यन्त उच्चतम पद पर ही आरूढ़ हो जाता है।

भोगेच्छामात्रको बन्धस्तत्त्यागो मोक्ष उच्यते।
मनसोऽभ्युदयो नाशो मनोनाशो महोदयः।
ज्ञमनो नाशमभ्येति मनोऽज्ञस्य हि शृङ्खला ॥97॥
नानन्दं न निरानन्दं न चलं नाचलं स्थिरम्।
न सन्नासन्न चैतेषां मध्यं ज्ञानिमनो विदुः ॥98॥
यथा सौक्ष्म्याच्चिदाभास्य आकाशो नोपलक्ष्यते।
तथा निरंशश्चिद्भावः सर्वगोऽपि न लक्ष्यते ॥99॥
सर्वसंकल्परहिता सर्वसंज्ञाविवर्जिता।
सैषा चिदविनाशात्मा स्वात्मेत्यादिकृताभिधा ॥100॥

भोग भोगने की कोई भी इच्छा बन्धन ही है और उस इच्छा का त्याग कर देना ही मोक्ष है। मन का अभ्युदय ही नाश कहलाता है तथा मन का नाश ही बड़ा उदय होता है। ज्ञानी का मन तो नाश को प्राप्त करता है, पर अज्ञानी का मन शृंखलारूप (बन्धनरूप) ही होता है। ज्ञानी का मन न तो आनंद है, न ही आनन्दरहित ही है। वह चल भी नहीं है और अचल भी नहीं है। वह स्थिर भी नहीं है। वह सत् भी नहीं है, असत् भी नहीं है, दोनों के बीच की स्थिति का भी वह नहीं है। केवल ज्ञानी लोग ही इस मन को समझ सकते हैं। जैसे चैतन्य द्वारा प्रकाशित आकाश सूक्ष्म होने से दिखाई नहीं पड़ता, वैसे ही अंगरहित चैतन्य यद्यपि सर्वव्यापी ही है, फिर भी दिखाई नहीं पड़ता। यह चैतन्य सर्वसंकल्पों से रहित, सर्वसंज्ञाओं से रहित, अविनाश स्वरूप ही है। उसी की संज्ञाएँ 'अपना आत्मा'—इत्यादि कही गई हैं।

आकाशशतभागाच्छा ज्ञेषु निष्कलरूपिणी।
सकलाऽमलसंसारस्वरूपैकात्मदर्शिनी ॥101॥
नास्तमेति न चोदेति नोत्तिष्ठति न तिष्ठति।
न च याति न चायाति न च नेह न चेह चित् ॥102॥
सैषा चिदमलाकारा निर्विकल्पा निरास्पदा ॥103॥

यह चैतन्य आकाश के सैंकड़ों भाग जैसा स्वच्छ है, अवयवरहित इसका स्वरूप है। ज्ञानी लोगों के द्वारा यह चैतन्य सकल-स्वच्छ-संसाररूप और एकात्मता को दिखाने वाला ही अनुभव में आता है। इसका कभी अस्त नहीं होता और कभी उदय भी नहीं होता है। वह खड़ा भी नहीं रहता और बैठता भी नहीं है। वह आता भी नहीं, जाता भी नहीं। वह 'यहाँ है' ऐसा भी नहीं कहा जा सकता और 'नहीं है'—ऐसा भी नहीं कहा जा सकता। ऐसा यह चैतन्य निर्मलाकार, निर्विकल्प और निराश्रय ही है।

आदौ शमदमप्रायैर्गुणैः शिष्यं विशोधयेत्।
पश्चात् सर्वमिदं ब्रह्म शुद्धस्त्वमिति बोधयेत् ॥104॥
अज्ञस्यार्धप्रबुद्धस्य सर्वं ब्रह्मेति यो वदेत्।
महानरकजालेषु स तेन विनियोजितः ॥105॥

प्रबुद्धबुद्धेः प्रक्षीणभोगेच्छस्य निराशिषः।
नास्त्यविद्यामलमिति प्राज्ञस्तूपदिशेद्गुरुः ॥106॥

पहले तो शमदमादि गुणों से शिष्य को ठीक तरह से शुद्ध करना चाहिए और बाद में, 'यह सब कुछ ब्रह्म है और वह ब्रह्म तू ही है'—इस प्रकार का उसे उपदेश देना चाहिए। परन्तु, जो शिष्य अज्ञानी हो और उसने उपदेश को आधा-जैसा अर्थात् धुँधला ही (आंशिक रूप में ही) समझा हो, उसे गुरु 'तू ब्रह्म है'—यदि ऐसा उपदेश देता है, तो वह गुरु तो उसे नरक के जालों में ही धकेल देता है। इसलिए जिसकी बुद्धि परिपक्व और जाग्रत् हो गई हो और जिसकी भोगों की इच्छा एकदम क्षीण हो चुकी हो और जिसकी सभी आशाएँ नष्ट हो गई हों, उसी को विद्वान् गुरु को 'यह अविद्यारूपी मैल है ही नहीं'—ऐसा उपदेश देना चाहिए।

सति दीप इवालोकः सत्यर्क इव वासरः।
सति पुष्प इवामोदश्चिति सत्यं जगत्तथा ॥107॥
प्रतिभासत एवेदं न जगत् परमार्थतः।
ज्ञानदृष्टौ प्रसन्नायां प्रबोधे विततोदये ॥108॥
यथावज्ज्ञास्यसि स्वस्थो मद्वाग्वृष्टिबलाबलम्।
अविद्ययैवोत्तमया स्वार्थनाशोद्यमार्थया ॥109॥
विद्या सम्प्राप्यते ब्रह्मन् सर्वदोषापहारिणी।
शाम्यति ह्यस्त्रमस्त्रेण मलेन क्षाल्यते मलम् ॥110॥

जैसे दीपक है तभी प्रकाश है, सूर्य है तभी दिवस है, पुष्प है तभी सुगन्ध है, उसी प्रकार चैतन्य है, तभी तो जगत् सत्य होता है। परन्तु जब निर्मल ज्ञानदृष्टि उत्पन्न हो जाती है और निर्मल ज्ञान का प्रकाश विस्तृत रूप से फैल जाता है, तब यह जगत् वास्तविक रूप में दिखाई ही नहीं देता। तब तुम्हारी बड़ी अविद्या भी स्वार्थ का नाश करने के उद्यम में लग जाएगी। तब तुम स्वस्थ होगे और तब मेरी इस वाणी-वर्षा का बल और अबल ठीक तौर से समझ सकोगे। हे ब्राह्मण! जिस प्रकार अस्त्र से ही अस्त्र शान्त होता है, मैल से ही मैल का प्रक्षालन होता है, उसी प्रकार उस अविद्या (बड़ी अविद्या) से ही सभी दोषों को दूर करने वाली विद्या प्राप्त की जा सकती है।

शमं विषं विषेणैति रिपुणा हन्यते रिपुः।
ईदृशी भूतमायेयं या स्वनाशेन हर्षदा ॥111॥
न लक्ष्यते स्वभावोऽस्या वीक्ष्यमाणैव नश्यति।
नास्त्येषा परमार्थेनेत्येवं भावनयेद्धया ॥112॥
सर्वं ब्रह्मेति यस्यान्तर्भावना सा हि मुक्तिदा।
भेददृष्टिरविद्येयं सर्वथा तां विसर्जयेत् ॥113॥
मुने नासाद्यते तद्धि पदमक्षयमुच्यते।
कुतो जातेयमिति ते द्विज माऽस्तु विचारणा ॥114॥

और भी जैसे जहर से जहर शान्त होता है और शत्रु के द्वारा ही शत्रु मारा जा सकता है, वैसी ही यह भूतमाया है, जो अपने नाश द्वारा हर्षदायक हो जाती है। इस अविद्या का स्वभाव या स्वरूप तो ज़ाना नहीं जा सकता, क्योंकि, "यह पारमार्थिक नहीं है"—ऐसी प्रदीप्त भावना से देखते-देखते ही उसका नाश हो जाता है। जिसके अन्तर में "यह सब ब्रह्म है"—ऐसी भावना हो जाती है उसे वही

अविद्या मुक्तिदायिनी हो जाती है। भेददृष्टि ही अविद्या है, इसलिए उसका सर्वथा त्याग ही कर देना चाहिए। हे मुनि ! उस पद को 'अक्षय' कहा जाता है। उसे यों ही (सरलता से) प्राप्त नहीं किया जा सकता। हे मुनि ! यह अविद्या कहाँ से उत्पन्न हुई, यह विचार तुम्हें नहीं करना चाहिए।

इमां कथमहं हन्मीत्येषा तेऽस्तु विचारणा।
अस्तं गतायां क्षीणायामस्यां ज्ञास्यसि तत् पदम् ॥115॥
यत एषा यथा चैषा यथा नष्टेत्यखण्डितम्।
तदस्या रोगशालाया यत्नं कुरु चिकित्सने ॥116॥
यथैषा जन्मदुःखेषु न भूयस्त्वां नियोक्ष्यति।
स्वात्मनि स्वपरिस्पन्दैः स्फुरत्यच्छैश्चिदर्णवः ॥117॥
एकात्मकमखण्डं तदित्यन्तर्भाव्यतां दृढम्।
किञ्चित्क्षुभितरूपा सा चिच्छक्तिश्चिन्मयार्णवे ॥118॥

तुम्हें यही विचार आना चाहिए कि 'इस अविद्या का मैं कैसे नाश करूँ ?' यह अविद्या जब क्षीण होकर अस्त हो जाएगी, तभी तुम उस परमपद को प्राप्त करोगे। यह अविद्या जहाँ से जन्मी है, जिस प्रकार के स्वरूपवाली है और जिस प्रकार से इसका नाश होता है—इस बात का तुम सतत विचार किया ही करो और फिर रोगों के घर जैसी उस अविद्या की चिकित्सा के लिए प्रयत्न करो। इससे वह तुम्हें जन्मादि के दुःखों में फिर से नहीं जोड़ेगी। तब चैतन्यरूप समुद्र अपनी स्वच्छ तरंगों के साथ तुम्हारे हृदय में प्रकाशित हो जाएगा। चैतन्यमय समुद्र की वह चैतन्य शक्ति जब कभी क्षुभित हो जाए, तब 'वह चैतन्य एक आत्मरूप ही है'—इस प्रकार हृदय में दृढ भावना करनी चाहिए।

तन्मयैव स्फुरत्यच्छा तत्रैवोर्मिरिवार्णवे।
आत्मन्येवात्मना व्योम्नि यथा सरसि मारुतः ॥119॥
तथैवात्माऽऽत्मशक्त्यैव स्वात्मन्येवैति लोलताम्।
क्षणं स्फुरति सा दैवी सर्वशक्तितया तथा ॥120॥
देशकालक्रियाशक्तिर्न यस्याः सम्प्रकर्षणे।
स्वस्वभावं विदित्वोच्चैरप्यनन्तपदे स्थिता ॥121॥
रूपं परिमितेनासौ भावयत्यविभाविता।
यदैवं भावितं रूपं तया परमकान्तया ॥122॥

जिस प्रकार सागर की स्वच्छ तरंगें सागरमय होते हुए सागर में ही प्रकाशित होती हैं, उसी प्रकार आत्मस्वरूप हृदयाकाश में आत्मरूप में चैतन्यशक्ति प्रकाशित होती है। जिस प्रकार वायु सरोवर में चंचलता को प्राप्त करता है, उसी प्रकार आत्मा अपनी शक्ति से ही अपने में ही क्षणभर के लिए सर्वशक्तिमान होने से चंचलता को प्राप्त करता है। वही उसकी दैवी शक्ति है। उस दैवी शक्ति को देश, काल या क्रिया की कोई शक्ति खींच नहीं सकती। वह तो अपना उच्च स्वभाव जानकर स्वयं अनन्त पद में अवस्थित रही है। वह चित्-शक्ति (दैवी शक्ति) सब के द्वारा अज्ञात रहकर ही परिमित स्वरूप से (परिमित प्रपञ्च में) अपना स्वरूप प्रकट करती है। और इस प्रकार परमप्रिय उस चित्शक्ति ने अपना रूप प्रकट किया होता है।

तदैवैनामनुगता नामसंख्यादिका दृशः।
विकल्पकलिताकारं देशकालक्रियाऽऽस्पदम् ॥123॥

चितो रूपमिदं ब्रह्मन् क्षेत्रज्ञ इति कथ्यते।
वासनाः कल्पयन् सोऽपि यात्यहंकारतां पुनः ॥124॥
अहंकारो विनिर्णेता कलङ्की बुद्धिरुच्यते।
बुद्धिः संकल्पिताकारा प्रयाति मननास्पदम् ॥125॥
मनो घनविकल्पं तु गच्छतीन्द्रियतां शनैः।
पाणिपादमयं देहमिन्द्रियाणि विदुर्बुधाः ॥126॥

जब यह चित्शक्ति अपना रूप प्रकट करती है, तभी तो नाम-रूप, संख्या आदि अन्य दृष्टियाँ उसका अनुसरण करती हैं। हे ब्राह्मण ! इस चित्शक्ति का जो विकल्पों से आकार धारण करने वाला रूप है और जो देश-काल-क्रिया का स्थान होता है, इसको 'क्षेत्रज्ञ' कहा जाता है। वह 'क्षेत्रज्ञ' रूप वासनाओं की कल्पना करता रहता है और अहंकार को प्राप्त होता है। जब वह अहंकार कोई विशेष निर्णय करने वाला होता है, तब उसे बुद्धि कहा जाता है। विशेष निर्णय से कलंकी बुद्धि भी संकल्पों के आकारवाली होकर मनन का स्थान रूप 'मन' बनती है। फिर वह मन बहुत से विकल्पों से युक्त होकर इन्द्रियत्व को प्राप्त करता है। हाथ-पैर आदि अवयवों से युक्त जो शरीर है, उसे ही ज्ञानी लोग इन्द्रियाँ कहते हैं।

एवं जीवो हि संकल्पवासनारज्जुवेष्टितः।
दुःखजालपरीतात्मा क्रमादायाति नीचताम् ॥127॥
इति शक्तिमयं चेतो घनाहङ्कारतां गतम्।
कोशकारक्रिमिरिव स्वेच्छया याति बन्धनम् ॥128॥
स्वयं कल्पिततन्मात्राजालाभ्यन्तरवर्ति च।
परां विवशतामेति शृङ्खलाबद्धसिंहवत् ॥129॥
क्वचिन्मनः क्वचिद्बुद्धिः क्वचिज्ज्ञानं क्वचित् क्रिया।
क्वचिदेतदहंकारः क्वचिच्चित्तमिति स्मृतम् ॥130॥

इस प्रकार संकल्पों की वासनामय डोरियों से आविष्ट (आवृत) रहकर जीव दुःखों के जालों में घिरा हुआ ही रहता है और धीरे-धीरे निम्नता (निचले स्तर) को प्राप्त हो जाता है। इस प्रकार मूलतः तो शक्तिमय चैतन्य ही प्रगाढ अहंकार को प्राप्त होता है। और रेशम के कीड़े की तरह अपनी ही इच्छा से बन्धन को प्राप्त करता रहता है। अपने आपके द्वारा ही कल्पित की गई तन्मात्राओं (विषयों) के समूह के बीच रहकर वह चैतन्य शृंखलाओं से बँधे हुए सिंह की भाँति अत्यन्त पराधीनता को प्राप्त हो जाता है। यह मन ही किसी काल में ज्ञान, किसी काल में क्रिया, किसी काल में अहंकार और किसी काल में चित्त कहा जाता है।

क्वचित् प्रकृतिरित्युक्तं क्वचिन्मायेति कल्पितम्।
क्वचिन्मलमिति प्रोक्तं क्वचित् कर्मेति संस्मृतम् ॥131॥
क्वचिद्बन्ध इति ख्यातं क्वचित् पुर्यष्टकं स्मृतम्।
प्रोक्तं क्वचिदविद्येति क्वचिदिच्छेति सम्मतम् ॥132॥
इमं संसारमखिलमाशापाशविधायकम्।
दधदन्तःफलैर्हीनं वटधाना वटं यथा ॥133॥

चिन्ताऽनलशिखादग्धं कोपाजगर चर्वितम् ।
कामाब्धिकल्लोलरतं विस्मृतात्मपितामहम् ॥134॥

और भी, कभी वह प्रकृति, कभी माया, कभी मैल और कभी कर्म के नाम से कहा जाता है। कभी वह बन्धन के रूप में कहा जाता है, तो कभी अष्टपुरी के नाम से जाना जाता है। कभी उसे अविद्या कहा जाता है, तो कभी उसे इच्छा के रूप में भी माना जाता है। आशा के फन्दे खड़े करने वाले इस सारे संसार को वह धारण करता है। जिस प्रकार वटबीज वटवृक्ष को धारण करता है, उसी प्रकार यह सारे संसार को धारण किए हुए तो है, परन्तु यह संसार किसी फल से तो रहित ही है। चिन्तारूपी अग्नि की शिखाओं से यह संसार जला ही करता है। क्रोधरूपी अजगर इसे चबाया ही करता है, कामरूपी सागर की तरंगें इसमें उछलती ही रहती हैं और यह मन (जीव) अपने पितामह रूप आत्मस्वरूप को तो भूल ही गया है।

समुद्धर मनो ब्रह्मन् मातङ्गमिव कर्दमात् ।
एवं जीवाश्रिता भावा भवभावनयाऽऽहिताः ॥135॥
ब्रह्मणा कल्पिताकारा लक्षशोऽप्यथ कोटिशः ।
संख्याऽतीताः पुरा जाता जायन्तेऽद्यापि चाभितः ॥136॥
उत्पत्स्यन्तेऽपि चैवान्ये कणौघा इव निर्झरात् ।
केचित् प्रथमजन्मानः केचिज्जन्मशताधिकाः ॥137॥
केचिच्चासंख्यजन्मानः केचिद् द्वित्रिभवान्तराः ।
केचित् किन्नरगन्धर्वविद्याधरमहोरगाः ॥138॥

हे ब्राह्मण ! कीचड़ में फँसे हुए हाथी को जैसे बहुत बल से बाहर निकाला जाता है, वैसे ही इस अपने मन को तुम संसार में से बाहर खींच निकालो। क्योंकि कीचड़ की तरह सांसारिक भाव अनेकानेक रूप से जीव को घेरे हुए हैं। ब्रह्म के द्वारा उनके लाखों और करोड़ों की संख्या में आकार कल्पित किए जाते हैं। ऐसे कई आकार पहले भी जन्म ले चुके हैं और आज भी चारों ओर वे जन्म लिया ही करते हैं। जिस प्रकार झरने से जलबिन्दु जन्म लिया करते हैं, वैसे ही भविष्य में और भी उत्पन्न हुआ ही करेंगे। कुछ पहले जन्मे हैं, कुछ सैकड़ों बार जन्मे हैं, कुछ असंख्य रूपों में जन्मे हैं, कुछ दो-तीन जन्मों का अन्तर रखकर जन्मते हैं, इनमें कुछ किन्नर, गंधर्व, विद्याधर, बड़े सर्प हुए हैं।

केचिदर्केन्दुवरुणास्त्र्यक्षाधोक्षजपद्मजाः ।
केचिद्ब्राह्मणभूपालवैश्यशूद्रगणाः स्थिताः ॥139॥
केचित्तृणौषधीवृक्षफलमूलपतङ्गकाः ।
केचित् कदम्बजम्बीरसालतालतमालकाः ॥140॥
केचिन्महेन्द्रमलयसह्यमन्दरमेरवः ।
केचित् क्षारोदधिक्षीरघृतेक्षुजलराशयः ॥141॥
केचिद्विशालाः ककुभः केचिन्नद्यो महारयाः ।
विहायस्युच्चकैः केचिन्निपतन्त्युत्पतन्ति च ॥142॥

कुछ सूर्य, चन्द्र वरुण, रुद्र, विष्णु और ब्रह्मा हुए हैं। और कुछ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के समुदाय रूप में जन्मे हैं। कुछ तो घास, औषधि, वृक्ष, फल, मूल तथा जुगनुओं के रूप में

जन्मे हैं और कुछ तो कदम्ब, जम्बीर, साल, ताल और तमाल नाम के वृक्षों के रूप में उत्पन्न हुए हैं। तो कुछ महेन्द्र, मलय, सह्याद्रि, मन्दर और मेरु पर्वत हुए हैं। तो कुछ क्षारसमुद्र, क्षीरसमुद्र, घृतसमुद्र, इक्षुसमुद्र आदि हुए हैं। कुछ विशाल दिशाएँ हुए हैं तो कुछ बड़े वेगवाली नदियाँ हुए हैं। कुछ आकाश में उछलते हैं और कुछ गिरते हैं।

कन्दुका इव हस्तेन मृत्युनाऽविरतं हताः ।
भुक्त्वा जन्मसहस्राणि भूयः संसारसंकटे ॥143॥
पतन्ति केचिदबुधाः सम्प्राप्यापि विवेकिताम् ।
दिक्कालाद्यनवच्छिन्नमात्मतत्त्वं स्वशक्तितः ॥144॥
लीलयैव यदादत्ते दिक्कालकलितं वपुः ।
तदेव जीवपर्यायवासनावेशतः परम् ॥145॥

कुछ आकाश में गेंद की तरह उछलते-गिरते और दिन-प्रतिदिन मृत्यु से मारे जाते हैं। कुछ मूर्ख लोग तो विवेक पदार्थ को प्राप्त करके भी हजारों जन्म लेते हैं और फिर से संसारसंकट में गिर पड़ते हैं। आत्मतत्त्व तो दिशा, काल आदि से अव्याप्य (अप्रमेय) है। वह अपनी शक्ति से लीलामात्र में दिशा और काल से परिमित जो रूप धारण करता है, वही वासनाओं के आवेश से जीव का पर्यायरूप बन जाता है।

मनः सम्पद्यते लोलं कलनाकलनोन्मुखम् ।
कलयन्ती मनःशक्तिरादौ भावयति क्षणात् ॥146॥
आकाशभावनामच्छां शब्दबीजरसोन्मुखीम् ।
ततस्तद्घनतां यातं घनस्पन्दक्रमान्मनः ॥147॥
भावयत्यनिलस्पन्दं स्पर्शबीजरसोन्मुखम् ।
ताभ्यामाकाशवाताभ्यां दृढाभ्यासवशात्ततः ॥148॥
शब्दस्पर्शस्वरूपाभ्यां संघर्षाज्जन्यतेऽनलः ।
रूपतन्मात्रसहितं त्रिभिस्तैः सह सम्मितम् ॥149॥

यह मन चंचल है और सदैव संकल्प-विकल्पों में तत्पर रहता है। संकल्प-विकल्प करती हुई यह मनःशक्ति पहले क्षण में तो आकाश की निर्मल भावना को धारण करती है। वह भावना शब्दरूप बीज के रस में तत्पर होती है। बाद में वह मन घनस्पन्दनों के क्रम से घनता को प्राप्त करता है। और स्पर्शरूप बीज के स्पर्शयुक्त वायु के स्पन्दन की भावना करता है। इसके बाद दृढ अभ्यास के कारण से उस शब्दरूप आकाश का और स्पर्शरूप वायु का घर्षण होता है। उस परस्पर घर्षण से अग्नि उत्पन्न होती है और इससे रूपतन्मात्रा भी तीनों (आकाश, वायु और अग्नि) के साथ उत्पन्न हो जाती है।

मनस्तादृग्गुणगतं रसतन्मात्रवेदनम् ।
क्षणाच्चेतत्यपां शैत्यं जलसंवित्ततो भवेत् ॥150॥
ततस्तादृग्गुणगतं मनो भावयति क्षणात् ।
गन्धतन्मात्रमेतस्माद्भूमिसंवित्ततो भवेत् ॥151॥
अथेत्थंभूततन्मात्रवेष्टितं तनुतां जहत् ।
वपुर्वह्निकणाकारं स्फुरितं व्योम्नि पश्यति ॥152॥

अहङ्कारकलायुक्तं बुद्धिबीजसमन्वितम् ।
तत्पुर्यष्टकमित्युक्तं भूतहृत्पद्मषट्पदम् ॥153॥

आकाश-वायु-अग्नि के तीनों गुणों को प्राप्त हुआ मन रसतन्मात्रा का अनुभव करता है । इसलिए उसी क्षण में वह जल की शीतलता को जान जाता है । इस कारण से उसे जल का अनुभव (ज्ञान) हो जाता है । फिर उन चारों पूर्वोक्त गुणों को प्राप्त हुआ मन क्षणभर में गन्ध की भावना करता है । अत: इस गन्धतन्मात्रा की भावना से उसे पृथ्वी का अनुभव (ज्ञान) होता है । इस प्रकार पाँचों भूतों की तन्मात्राओं से आवेष्टित होने के बाद मन अपनी सूक्ष्मता को छोड़ देता है । इसलिए वह अग्निकण जैसे आकार वाले शरीर के रूप में अपने आपको आकाश में प्रकाशित होता हुआ देखता है । अहंकार की कला से युक्त, बुद्धिरूप बीज के साथ होकर यही मन 'अष्टपुर' कहा जाता है । सभी प्राणियों के हृदयरूपी कमल में यह मन भ्रमर की तरह है ।

तस्मिंस्तु तीव्रसंवेगाद्भावयद्भासुरं वपुः ।
स्थूलतामेति पाकेन मनो बिल्वफलं यथा ॥154॥
मूषास्थद्रुतहेमाभं स्फुरितं विमलाम्बरे ।
संनिवेशमथादत्ते तत्तेजः स्वस्वभावतः ॥155॥
ऊर्ध्वं शिरःपिण्डमयमधः पादमयं तथा ।
पार्श्वयोर्हस्तसंस्थानं मध्ये चोदरधर्मिणम् ॥156॥
कालेन स्फुटतामेत्य भवत्यमलविग्रहम् ।
बुद्धिसत्त्वबलोत्साहविज्ञानैश्वर्यसंस्थितः ॥157॥

वह हृदयस्थ मन उसमें तीव्र वेग से तेजस्वी शरीर की भावना करता है । अत: बिल्वफल की तरह परिपक्व होकर वह स्थूलता को प्राप्त करता है । बाद में दीपपात्र में रखे गए पिघले हुए सोने की तरह प्रकाशित और स्वच्छ आकाश में चमकता हुआ वह तेज अपने सहज स्वभाव से ही आकार धारण करता है । ऊपर के भाग में मस्तक पिण्डरूप तथा नीचे के भाग में पैरों का आकार तथा दो पार्श्वों की ओर दोनों हाथों की आकृति और बीच में पेट का दृश्य उसमें उत्पन्न होता है । फिर कुछ समय के बाद, वह स्पष्ट अभिव्यक्ति को प्राप्त करके निर्मल शरीर के रूप में होता है और उसमें बुद्धि, सत्त्व, बल, उत्साह, विज्ञान तथा ऐश्वर्य स्थान लेते हैं ।

स एव भगवान् ब्रह्मा सर्वलोकपितामहः ।
अवलोक्य वपुर्ब्रह्मा कान्तमात्मीयमुत्तमम् ॥158॥
चिन्तामभ्येत्य भगवांस्त्रिकालामलदर्शनः ।
एतस्मिन् परमाकाशे चिन्मात्रैकात्मरूपिणि ॥159॥
अदृष्टपारपर्यन्ते प्रथमं किं भवेदिति ।
इति चिन्तितवान् ब्रह्मा सद्योजातामलात्मदृक् ॥160॥
अपश्यत् सर्गवृन्दानि समतीतान्यनेकशः ।
स्मरत्यथो स सकलान् सर्वधर्मगुणक्रमात् ॥161॥

वही सर्व लोकों के पितामह ब्रह्माजी हैं । अपने सुन्दर और उत्तम शरीर को देखकर ब्रह्माजी को विचार आया । यद्यपि उन भगवान् को तीनों काल का निर्मल ज्ञान तो था, फिर भी केवल एक

चिदात्मरूप परमाकाश में उन्हें कोई किनारा या अन्त नहीं दिखाई दिया । इसलिए वे विचार में पड़ गए कि इसमें पहला क्या होना चाहिए ? सोचने पर उन्हें तुरन्त ही निर्मल आत्मदृष्टि प्रकट हुई । भूतकाल की अनेक सृष्टियों के समूह उन्होंने देखे और उन सबके गुणों और धर्मों को सकल क्रम का उन्हें (ब्रह्माजी को) स्मरण हो आया ।

लीलया कल्पयामास चित्राः सङ्कल्पतः प्रजाः ।
नानाऽऽचारसमारम्भा गन्धर्वनगरं यथा ॥162॥
तासां स्वर्गापवर्गार्थं धर्मकामार्थसिद्धये ।
अनन्तानि विचित्राणि शास्त्राणि समकल्पयत् ॥163॥

बाद में उन्होंने केवल संकल्प से ही (केवल लीलामात्र में, देखते ही देखते) गन्धर्वनगर की तरह अनेक प्रकार के आचारों को करने वाली तरह-तरह की प्रजाएँ उत्पन्न कर दीं और उन्हें स्वर्ग और मोक्ष की प्राप्ति कराने वाले तथा धर्म, अर्थ, काम की सिद्धि कराने के लिए अनेक अद्भुत शास्त्र भी रच दिए ।

विरञ्चिरूपान्मनसः कल्पितत्वाज्जगत्स्थितेः ।
तावत्स्थितिरियं प्रोक्ता तन्नाशे नाशमाप्नुयात् ॥164॥
न जायते न म्रियते क्वचित् किञ्चित् कदाचन ।
परमार्थेन विप्रेन्द्र मिथ्या सर्वं तु दृश्यते ॥165॥
कोशमाशाभुजङ्गानां संसाराडम्बरं त्यज ।
असदेतदिति ज्ञात्वा मातृभावं निवेशय ॥166॥
गन्धर्वनगरस्यार्थे भूषितेऽभूषिते तथा ।
अविद्यांशे सुतादौ वा कः क्रमः सुखदुःखयोः ॥167॥

इस प्रकार इस ब्रह्मारूपी मन से इस जगत् की स्थिति कल्पित की गई है । इसलिए जहाँ तक उसकी स्थिति है, वहीं तक जगत् की भी स्थिति है और उस ब्रह्मरूप मन का नाश होने पर जगत् का भी नाश होता है । हे ब्राह्मण ! वास्तविक (पारमार्थिक) दृष्टि से तो किसी भी देश में और किसी भी काल में कोई मरता भी नहीं है और कोई जन्मता भी नहीं है । क्योंकि सब मिथ्या ही है, ऐसा दिखाई देता है । इस संसार का आडम्बर आशारूपी साँपों का निवासस्थान ही है । इसलिए तुम इसका त्याग ही कर दो । और 'यह असत् ही है'—ऐसा जानकर इसमें मातृभाव (कारणमात्र भाव) ही रखो । पुत्र आदि अविद्या के अंश हैं और गन्धर्वनगर के ही वे पदार्थ हैं । उन्हें शोभित किया जाए या न किया जाए, उनके सम्बन्ध में सुख-दु:ख का भला क्या क्रम हो सकता है ? (अर्थात् कोई नहीं) ।

धनदारेषु वृद्धेषु दुःखं युक्तं न तुष्टता ।
वृद्धायां मोहमायायां कः समाश्वासवानिह ॥168॥
यैरेव जायते रागो मूर्खस्याधिकतां गतैः ।
तैरेव भोगैः प्राज्ञस्य विराग उपजायते ॥169॥
अतो निदाघ तत्त्वज्ञ व्यवहारेषु संसृतेः ।
नष्टं नष्टमुपेक्षस्व प्राप्तं प्राप्तमुपाहर ॥170॥
अनागतानां भोगानामवाञ्छनमकृत्रिमम् ।
आगतानां च संभोग इति पण्डितलक्षणम् ॥171॥

धन और स्त्रियों के बढ़ जाने पर तो दुःखी होना चाहिए। प्रसन्न तो होना ही नहीं चाहिए क्योंकि मोह-माया के बढ़ जाने से यहाँ भला किसने शान्ति प्राप्त की है ? भोगों की अधिकता हो जाने से मूर्खों को जहाँ आनन्द होता है, वहीं उसी भोगाधिक्य से ज्ञानी को वैराग्य हो जाता है। इसलिए हे तत्त्वज्ञानी निदाघ ! संसार के व्यवहार में जिन-जिन पदार्थों का नाश हुआ हो उसकी अपेक्षा करो और जो यदृच्छा से मिल या हो उसको स्वीकार कर लो। जो भोग नहीं मिले हैं, उनकी स्वाभाविक चिन्ता नहीं करनी चाहिए और मिले हुए पदार्थों का समुचित उपयोग करना चाहिए। यह पंडित का लक्षण है।

शुद्धं सदसतोर्मध्यं पदं बुद्ध्वाऽवलम्ब्य च।
सबाह्याभ्यन्तरं दृश्यं मा गृहाण विमुञ्च मा ॥172॥
यस्य चेच्छा तथाऽनिच्छा ज्ञस्य कर्मणि तिष्ठतः।
न तस्य लिप्यते प्रज्ञा पद्मपत्रमिवाम्बुभिः ॥173॥
यदि ते नेन्द्रियार्थश्रीः स्यन्दते हृदि वै द्विज।
तदा विज्ञातविज्ञेयः समुत्तीर्णो भवार्णवात् ॥174॥
उच्चैःपदाय परया प्रज्ञया वासनागणात्।
पुष्पाद्गन्धमपोह्यारं चेतोवृत्तिं पृथक्कुरु ॥175॥

सत् और असत् की माथापच्ची छोड़कर बीच का जो सदसन्निरपेक्ष शुद्ध पद है, इसी को जानकर उसी का अवलम्बन करो और बाद में बाह्य-आभ्यन्तर दृश्यों को स्वीकार भी मत करो और त्याग भी मत करो। ('मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा अवलम्बन करके फिर स्वीकार-अस्वीकार का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।) कर्म में प्रवृत्त जिस ज्ञानी की ज्ञान सम्बन्धी इच्छा का होना या न होना—कुछ भी नहीं होता। जैसे कमलपत्र जल से लिप्त नहीं होता, वैसे ही ऐसे ज्ञानी पुरुष की बुद्धि कर्म से लिप्त नहीं होती। (फिर तो ज्ञान की इच्छा होने का प्रश्न ही कहाँ है ?) हे ब्राह्मण ! तुम्हारे हृदय में जब इन्द्रियों के विषयों की सुन्दरता का ख्याल ही स्फुरित नहीं होगा, तब तुम जानने योग्य सब कुछ जान जाओगे और इस संसाररूपी सागर में से तुम पार पहुँच जाओगे। जिस प्रकार पुष्प में से गन्ध दूर किया जाए, उसी प्रकार ऊँचे आसन पर आरूढ़ होने के लिए तुम अपनी चितवृत्तियों को वासनाओं के समूह से अलग ही कर डालो।

संसाराम्बुनिधावस्मिन् वासनाऽम्बुपरिप्लुते।
ये प्रज्ञानावमारूढास्ते तीर्णाः पण्डिताः परे ॥176॥
न त्यजन्ति न वाञ्छन्ति व्यवहारं जगद्गतम्।
सर्वमेवानुवर्तन्ते पारावारविदो जनाः ॥177॥
अनन्तस्यात्मतत्त्वस्य सत्तासामान्यरूपिणः।
चितश्चेत्योन्मुखत्वं यत्तत् संकल्पाङ्कुरं विदुः ॥178॥
लेशतः प्राप्तसत्ताकः स एव घनतां शनैः।
याति चित्तत्वमापूर्य दृढं जाड्याय मेघवत् ॥179॥

यह संसाररूपी समुद्र वासनारूपी जल से भरा हुआ है। बहुत से पण्डित प्रज्ञारूपी नौका में बैठकर उसे पार कर गए हैं। पारावार को जानने वाले पण्डित लोग जगत् के व्यवहार को छोड़ नहीं देते और साथ ही साथ चाहते भी तो नहीं हैं। वे तो सबका अनुसरण मात्र करते हैं। आत्मतत्त्व अनन्त है। वह सामान्य सत्तास्वरूप है। ऐसे इस चैतन्य की विषयोन्मुखता जो होती है उसी को ज्ञानी लोग

संसार का अंकुर कहते हैं। इस अंकुर (विषयाभिमुखता) का लेशमात्र भी जिसने प्राप्त किया हो, तो वह लेशमात्र धीरे-धीरे घनता को प्राप्त करता है (अस्तित्व को प्राप्त कर लेता है) और चित्तत्त्व को अपने में भरकर (या अपने से ढँककर) मेघ की तरह व्याप्त कर जड़ता को प्राप्त करा देता है।

भावयन्ति चितिश्चैत्यं व्यतिरिक्तमिवात्मनः।
संकल्पतामिवायाति बीजमङ्कुरतामिव ॥180॥
संकल्पनं हि संकल्पः स्वयमेव प्रजायते।
वर्धते स्वयमेवाशु दुःखाय न सुखाय यत् ॥181॥
मा संकल्पय संकल्पं मा भावं भावय स्थितौ।
संकल्पनाशने यत्तो न भूयोऽननुगच्छति ॥182॥
भावनाऽभावमात्रेण संकल्पः क्षीयते स्वयम्।
संकल्पेनैव संकल्पं मनसैव मनो मुने ॥183॥

जब चैतन्य, विषयों को अपने से अलग होने की भावना करता है, तब जैसे बीज में से अंकुर फूट निकलता है, वैसे ही वह चिति संकल्प का रूप धारण करता है। तो इस प्रकार की भावना (संकल्पन) ही संकल्प है। ये संकल्प आप-ही-आप उत्पन्न होते हैं, एवं आप-ही-आप शीघ्र ही बढ़ते रहते हैं। बाद में वे दुःखदायी ही होते हैं, सुखदायी कभी नहीं होते। इसलिए संकल्प मत करो। और अपनी स्वरूपस्थिति में किसी भी प्रकार की भावना मत करो। क्योंकि संकल्पों का नाश करने में सावधान रहने वाला मनुष्य फिर से उसका अनुसरण नहीं करता। संकल्प की भावना का केवल अभाव होने से ही संकल्प आप ही आप नष्ट हो जाता है। इस प्रकार हे मुनि ! तुम संकल्पों से ही संकल्पों का और मन से ही मन का नाश करो। (अर्थात् मन से ही मन को मारो।)

छित्त्वा स्वात्मनि तिष्ठ त्वं किमेतावति दुष्करम्।
यथैवेदं नभः शून्यं जगच्छून्यं तथैव हि ॥184॥
तण्डुलस्य यथा चर्म यथा ताम्रस्य कालिमा।
नश्यति क्रियया विप्र पुरुषस्य तथा मलम् ॥185॥
जीवस्य तण्डुलस्येव मलं सहजमप्यलम्।
नश्यत्येव न संदेहस्तस्मादुद्योगवान् भवेत् ॥186॥
इति महोपनिषत्।

इति पञ्चमोऽध्यायः

इस प्रकार मन को काट कर तुम अपने स्वरूप में ही स्थित रहो। इसमें कौन सी कठिन बात है ? (यह तो बहुत ही सरल है।) जिस प्रकार यह आकाश शून्य है, उसी प्रकार यह जगत् भी तो शून्य ही है। हे ब्राह्मण ! जिस तरह तण्डुल का छिलका और ताँबे की कालिमा प्रयत्न करने पर दूर हो जाती है, उसी प्रकार हे ब्राह्मण ! पुरुष की मलिनता भी क्रिया से नष्ट हो जाती है। यह जीव तण्डुल जैसा है। यद्यपि उसका मैल तो स्वाभाविक ही है, तथापि वह नष्ट तो होता ही है, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। इसलिए उद्योगी होना चाहिए, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

यहाँ पाँचवाँ अध्याय पूरा होता है।

❋

षष्ठोऽध्यायः

अन्तरास्थां परित्यज्य भावश्रीं भावनामयीम् ।
योऽसि सोऽसि जगत्यस्मिन् लीलया विहरानघ ॥1॥
सर्वत्राहमकर्तेति दृढभावनयाऽनया ।
परमामृतनाम्नी सा समतैवावशिष्यते ॥2॥
खेदोल्लासविलासेषु स्वात्मकर्तृतयैकया ।
स्वसङ्कल्पे क्षयं याते समतैवावशिष्यते ॥3॥
समता सर्वभावेषु याऽसौ सत्यपरा स्थितिः ।
तस्यामवस्थितं चित्तं न भूयो जन्मभाग्भवेत् ॥4॥

हे निष्कलंक ! तुम तो जो हो वही हो। इसलिए भावना को और भीतर की भावरूप भरी हुई सुन्दरता का और उस पर की आस्था का त्याग करके आनन्द से इस जगत् में विहार करो। सर्वत्र 'मैं कर्ता नहीं हूँ'—इस प्रकार की दृढ़ भावना से जो परिणामरूप शेष रहता है, वह 'अमृता' नामधारी समता ही है। अपने आत्मा में 'कर्तापन है'—इस प्रकार की भावना से तो खेद के ही उल्लासविलास होते हैं। इसलिए अपने कर्तृत्वरूप संशय के नाश हो जाने से केवल समता ही शेष रह जाती है। सर्व पदार्थों के ऊपर समता हो जाए यही सत्यपरायण स्थिति है। उसमें स्थिर रहने वाला चित्त कभी पुनर्जन्म नहीं पाता।

अथवा सर्वकर्तृत्वमकर्तृत्वं च वै मुने ।
सर्वं त्यक्त्वा मनः पीत्वा योऽसि सोऽसि स्थिरो भव ॥5॥
शेषस्थिरसमाधानो येन त्यजसि तत्त्यज ।
चिन्मनःकलनाऽऽकारं प्रकाशतिमिरादिकम् ॥6॥
वासनां वासितारं च प्राणस्पन्दनपूर्वकम् ।
समूलमखिलं त्यक्त्वा व्योमसाम्यः प्रशान्तधीः ॥7॥
हृदयात् सम्परित्यज्य सर्ववासनपङ्क्तयः ।
यस्तिष्ठति गतव्यग्रः स मुक्तः परमेश्वरः ॥8॥

अथवा हे मुनि ! कर्तृत्व या अकर्तृत्व—सब कुछ छोड़कर तुम अपने मन को ही पी जाओ। और फिर बाद में जो बचा रहता है, वही तुम हो, इस प्रकार से स्थिर हो जाओ। इस तरह उस शेष रहे तत्त्व में स्थिर और समाहित हो जाने के बाद, जिसके द्वारा तुमने उस कर्तृत्व-अकर्तृत्व को छोड़ दिया है उसका भी त्याग कर दो। (मन के द्वारा त्याग किया था, तो मन को ही छोड़ दो।) क्योंकि आखिर तो चैतन्य ने ही मन का आकार धारण किया है और वही (चैतन्य ही) प्रकाश और अन्धकार है। इसलिए वासना और वासना करने वाले का—दोनों का प्रयत्नपूर्वक समूल त्याग कर दो। इसके बाद आकाश जैसा होकर अत्यन्त शान्त बुद्धिवाले बन जाओ। वासनाओं की सभी सूचियों को हृदय में से निकालकर व्यग्रतारहित होकर जो रहता है, वही मुक्त और सर्वेश्वर है।

दृष्टं द्रष्टव्यमखिलं भ्रान्तं भ्रान्त्या दिशो दश ।
युक्त्या वै चरतो ज्ञस्य संसारो गोष्पदाकृतिः ॥9॥

सबाह्याभ्यन्तरे देहे ह्यध ऊर्ध्वं च दिक्षु च ।
इत आत्मा ततोऽप्यात्मा नास्त्यनात्ममयं जगत् ॥10॥
न तदस्ति न यत्राहं न तदस्ति न तन्मयम् ।
किमन्यदभिवाञ्छामि सर्वं सच्चिन्मयं ततम् ॥11॥
समस्तं खल्विदं ब्रह्म सर्वमात्मेदमाततम् ।
अहमन्य इदं चान्यदिति भ्रान्तिं त्यजानघ ॥12॥

देखने योग्य तो सब देख लिया है और दशों दिशाओं में घूमकर सब जगह बहुत ही भ्रमण कर लिया है—ऐसा समझकर विचरण करते हुए ज्ञानी का संसार गाय के पदचिह्न जैसा बहुत ही छोटा हो जाता है। बाहर, भीतर, देह में, ऊपर, नीचे, दिशाओं में, इस ओर और उस ओर—सर्वत्र आत्मा ही है। आत्मा से विहीन जगत् तो है ही नहीं। ऐसा कुछ भी नहीं है कि जहाँ मैं न होऊँ, ऐसा कुछ भी नहीं है कि जो आत्ममय न हो। मैं और क्या चाह सकता हूँ भला ? सब कुछ सत् है, सब कुछ चैतन्य से व्याप्त है। यह सब ब्रह्म ही है। आत्मा ही ब्रह्मरूप में फैला है। इसलिए हे निष्कलंक ! मैं अलग हूँ और यह अलग है, ऐसी भ्रान्ति को छोड़ ही दो।

तते ब्रह्मघने नित्ये सम्भवन्ति न कल्पिताः ।
न शोकोऽस्ति न मोहोऽस्ति न जराऽस्ति न जन्म वा ॥13॥
यदस्तीह तदेवास्ति विज्वरो भव सर्वदा ।
यथाप्राप्तानुभवतः सर्वत्रानभिवाञ्छनात् ॥14॥
त्यागादानपरित्यागी विज्वरो भव सर्वदा ।
यस्येदं जन्म पाश्चात्यं तमाश्वेव महामते ॥15॥
विशन्ति विद्या विमला मुक्ता वेणुमिवोत्तमम् ।
विरक्तमनसां सम्यक् स्वप्रसङ्गादुदाहृतम् ॥16॥

नित्य ब्रह्म सघन रूप से व्याप्त है। इसलिए कल्पित पदार्थों का तो कोई संभव (सत्ता) ही नहीं है। शोक भी नहीं है, मोह भी नहीं है, वृद्धावस्था भी नहीं है, जन्म भी नहीं हैं, एवं मरण भी नहीं है। जो यहाँ है, वही सर्वत्र है। इसलिए जो कुछ यदृच्छया प्राप्त हो, उसका अनुभव करके सर्वत्र इच्छारहित होकर सर्वकाल में संतापरहित हो जाओ। हे महाबुद्धिमान् ! जिसका यह जन्म अन्तिम ही है, उसमें निर्मल विद्याएँ शीघ्र ही उत्तम बाँस में मोती की तरह प्रविष्ट हो जाती हैं और वे मुक्त होते हैं; यह बात प्रसंगोपात्त अच्छी तरह से कही गई है।

द्रष्टुर्दृश्यसमायोगात् प्रत्ययानन्दनिश्चयः ।
यस्तं स्वमात्मतत्त्वोत्थं निष्पन्दं समुपास्महे ॥17॥
द्रष्टृदर्शनदृश्यानि त्यक्त्वा वासनया सह ।
दर्शनप्रत्ययाभासमात्मानं समुपास्महे ॥18॥
द्वयोर्मध्यगतं नित्यमस्तिनास्तीति पक्षयोः ।
प्रकाशनं प्रकाशानामात्मानं समुपास्महे ॥19॥

दृश्य के योग से द्रष्टा को जो अनुभव होता है, जो आनन्द का निश्चय होता है, वह आत्मतत्त्व से ही उत्पन्न होता है इसीलिए उस स्वात्मतत्त्व से उत्पन्न हुए निश्चय की हम अच्छी तरह से उपासना करते हैं। द्रष्टा, दृश्य और दर्शन का वासनासहित त्याग करके दर्शन तथा अनुभव के आभासरूप आत्मा की हम ठीक प्रकार से उपासना करते हैं। 'है' और 'नहीं है'—इन दोनों पक्षों के बीच में जो नित्यरूप में अवस्थित है, वही प्रकाशों का भी प्रकाशक आत्मा है। हम समुचित रूप से उसकी उपासना करते हैं।

सन्त्यज्य हृद्गुहेशानं देवमन्यं प्रयान्ति ये।
ते रत्नमभिवाञ्छन्ति त्यक्तहस्तस्थकौस्तुभाः ॥20॥
उत्थितानुत्थितानेतानिन्द्रियारीन् पुनः पुनः।
हन्याद्विवेकदण्डेन वज्रेणेव हरिर्गिरीन् ॥21॥

जो मनुष्य अपनी हृदयगुहा में ही अवस्थित ईश्वर को छोड़कर अन्य देवों के पास जाता है, वह अपने हृदय में (हाथ में ही) रहे हुए कौस्तुभमणि का त्याग करके अन्य रत्नों को चाहता हुआ-सा ही है। ये इन्द्रियरूपी शत्रु खड़े हुए हों, या न खड़े हुए हों तो भी विवेकरूपी लाठी से उन्हें बार-बार, जैसे इन्द्र अपने वज्र से पर्वतों को मारा करता है, वैसे ही मारते रहना चाहिए।

संसाररात्रिदुःस्वप्ने शून्ये देहमये भ्रमे।
सर्वमेवापवित्रं तद्दृष्टं संसृतिविभ्रमम् ॥22॥
अज्ञानोपहतो बाल्ये यौवने वनिताहतः।
शेषे कलत्र चिन्ताऽऽर्तः किं करोति नराधमः ॥23॥
सतोऽसत्ता स्थिता मूर्ध्नि रम्याणां मूर्ध्न्यरम्यता।
सुखानां मूर्ध्नि दुःखानि किमेकं संश्रयाम्यहम् ॥24॥
येषां निमेषणोन्मेषौ जगतः प्रलयोदयौ।
तादृशाः पुरुषा यान्ति मादृशां गणनैव का ॥25॥

यह देह का भ्रम, संसाररूपी रात्रि के एक दुष्ट स्वप्न जैसा ही शून्य रूप है। उसमें सब कुछ अपवित्र ही है और इसी के कारण संसाररूपी यह भ्रान्ति फैली हुई है। अधम पुरुष बचपन में अज्ञान से घिरा हुआ होता है। वह जवानी में स्त्री से घिरा हुआ रहता है। और शेष उम्र में वह स्त्री की चिन्ता से घिरा रहा करता है। वह क्या कर सकता है ? सत् पर असत्ता सवार हो गई है। रम्य पर अरम्यता फैल गई है। सुखों पर दुःख चढ़े हुए हैं, तो मैं क्या करूँ ? तो मैं किस एक ही चीज का आश्रय ले सकता हूँ ? जिनकी आँख की पलकों के केवल मिलन-उन्मीलन से ही जगत् का प्रलय और प्रादुर्भाव हो सकता है, ऐसे पुरुष भी यहाँ से चले ही जाते हैं, तब भला मेरी तो क्या गिनती हो सकती है ?

संसार एव दुःखानां सीमान्त इति कथ्यते।
तन्मध्ये पतिते देहे सुखमासाद्यते कथम् ॥26॥
प्रबुद्धोऽस्मि प्रबुद्धोऽस्मि दुष्टश्चोरोऽयमात्मनः।
मनो नाम निहन्म्येनं मनसाऽस्मि चिरं हृतः ॥27॥
मा खेदं भज हेयेषु नोपादेयपरो भव।
हेयादेयदृशौ त्यक्त्वा शेषस्थः सुस्थिरो भव ॥28॥

कहा जाता है कि यह संसार ही दुःखों का सीमान्त (सीमा का अन्त) है और इसी के बीच में यह देह पड़ा हुआ है। अब सुख भला किस तरह प्राप्त हो सकता है ? पर अब मैं समझ चुका हूँ। अब मैं जाग उठा हूँ। आत्मा का दुष्ट चोर यह मन ही है। इसलिए बस, उसी का नाश कर दूँ। क्योंकि वह मुझे लम्बे काल तक चोरता ही आया है। त्याज्य पदार्थों के बारे में खेद न करो और ग्राह्य पदार्थों को ग्रहण करने के लिए भी तुम तत्पर न बनो। त्याज्यता और ग्राह्यता की दोनों दृष्टियों को छोड़कर शेष बीच की स्थिति में रहकर अत्यन्त स्थिर बन जाओ।

निराशता निर्भयता नित्यता समता ज्ञता।
निरीहता निष्क्रियता सौम्यता निर्विकल्पता ॥29॥
धृतिर्मैत्री मनस्तुष्टिर्मृदुता मृदुभाषिता।
हेयोपादेयनिर्मुक्ते ज्ञे तिष्ठन्त्यपवासनम् ॥30॥
गृहीततृष्णाशबरीवासनाजालमाततम्।
संसारवारिप्रसृतं चिन्तातन्तुभिराततम् ॥31॥
अनया तीक्ष्णया तात छिन्धि बुद्धिशलाकया।
वात्ययेवाम्बुदं जालं छित्त्वा तिष्ठ तते पदे ॥32॥

त्याज्य और ग्राह्य दृष्टि से रहित हुए ज्ञानी में निराशा, निर्भयता, नित्यता, समता, ज्ञानित्व, निःस्पृहता, निष्क्रियता, सौम्यता, निर्विकल्पता, धैर्य, मित्रता, मन का परितोष, कोमलता और मृदुभाषिता—ये सभी देशपार हुए होते हैं (अर्थात् होते ही नहीं हैं)। तृष्णारूपी भीलनी ने वासनारूपी विशाल जाल को पकड़ा है और वह संसाररूपी पानी के ऊपर फैली हुई है। वह जाल चिन्तारूपी डोरियों से भरा हुआ (बुना हुआ) है, उसको तुम इस बुद्धिरूपी छुरी से काट डालो। हे तात ! जिस प्रकार वायु बादलों को बिखेर देता है, उसी तरह तुम उस जाल को काटकर आत्मा के बहुत विशाल पद में अपना स्थान ले लो।

मनसैव मनश्छित्त्वा कुठारेणेव पादपम्।
पदं पावनमासाद्य सद्य एव स्थिरो भव ॥33॥
तिष्ठन् गच्छन् स्वपन् जाग्रन्निवसन्नुत्पतन् पतन्।
असदेवेदमित्यन्तं निश्चित्यास्थां परित्यज ॥34॥
दृश्यमाश्रयसीदं चेत् तत् सच्चित्तोऽसि बन्धवान्।
दृश्यं सन्त्यजसीदं चेत् तदाऽचित्तोऽसि मोक्षवान् ॥35॥
नाहं नेदमिति ध्यायंस्तिष्ठ त्वमचलाचलः।
आत्मनो जगतश्चान्तर्द्रष्टृदृश्यदशाऽन्तरे ॥36॥

जिस तरह कुल्हाड़ी से पेड़ को काटा जाता है, उसी तरह मन से ही मन को काटकर पवित्र पद को प्राप्त करके तुम तुरन्त ही स्थिर हो जाओ। खड़े रहते, चलते, सोते, जागते, उठते, जाते समय भी, 'यह सब असत् ही है'—ऐसा निश्चय करके उन सबकी आस्था को छोड़कर ही रहो। यदि तुम इस दृश्य का आश्रय करोगे तो चिन्ताओं से युक्त होकर बन्धन को प्राप्त करोगे। और यदि इस दृश्य का ठीक तरह से त्याग करोगे, तो चिन्तारहित होकर मोक्ष को प्राप्त करोगे। आत्मा और जगत् में क्रमशः द्रष्टा और दृश्य की स्थिति होती है। इन दोनों के बीच में 'मैं नहीं हूँ, और यह नहीं है'—ऐसा ध्यान करते हुए तुम पर्वत की तरह अचल ही रहो।

दर्शनाख्यं स्वमात्मानं सर्वदा भावयन् भव ।
स्वाद्यस्वादकसन्त्यक्तं स्वाद्यस्वादकमध्यगम् ॥37॥
स्वदनं केवलं ध्यायन् परमात्ममयो भव ।
अवलम्ब्य निरालम्बं मध्येमध्ये स्थिरो भव ॥38॥
रज्जुबद्धा विमुच्यन्ते तृष्णाबद्धा न केनचित् ।
तस्मान्निदाघ तृष्णां त्वं त्यज सङ्कल्पवर्जनात् ॥39॥
एतामहंभावमयीमपुण्यां छित्त्वाऽनहंभावशलाकयैव ।
स्वभावजां भव्यभवान्तभूमौ भव प्रशान्ताखिलभूतभीतिः ॥40॥

'दर्शन' नामक अपने आत्मा की तुम सदैव भावना करते रहो। स्वादनीय और स्वादक—दोनों को छोड़कर स्वादनीय (स्वाद लेने योग्य वस्तु) और स्वादक (स्वाद लेने वाले) के बीच में जो 'स्वाद' नामक वस्तु है, केवल उसी स्वाद का ही तुम ध्यान करो और परमात्मामय हो जाओ। निरवलम्ब स्थिति का आश्रय करके बीच-बीच में स्थिर होते रहो। हे निदाघ! रज्जुओं से बँधे हुए लोग छूट जाते हैं, पर तृष्णा से बँधे हुए लोग नहीं छूट सकते। इसलिए संकल्पों को छोड़कर तृष्णा का त्याग कर दो। यह अपवित्र तृष्णा अहंभावमय है। इसलिए 'अहंभावाभाव' रूप छुरी से उसे काटकर स्वभावजन्य और भव्य भवान्तकारी भूमि पर तुम रहो, क्योंकि वहाँ तुम अखिल प्राणियों की भीति से बचकर रहोगे।

अहमेषां पदार्थानामेते च मम जीवितम् ।
नाहमेभिर्विना किञ्चिन्न मयैते विना किल ॥41॥
इत्यन्तर्निश्चयं त्यक्त्वा विचार्य मनसा सह ।
नाहं पदार्थस्य न मे पदार्थ इति भाविते ॥42॥
अन्तःशीतलया बुद्ध्या कुर्वतो लीलया क्रियाम् ।
यो नूनं वासनात्यागो ध्येयो ब्रह्मन् प्रकीर्तितः ॥43॥
सर्वं समतया बुद्ध्या यः कृत्वा वासनाक्षयम् ।
जहाति निर्ममो देहं नेयोऽसौ वासनाक्षयः ॥44॥
अहंकारमयीं त्यक्त्वा वासनां लीलयैव यः ।
तिष्ठति ध्येयसंत्यागी स जीवन्मुक्त उच्यते ॥45॥

'इन पदार्थों का मैं हूँ' 'यह मेरा जीवन है', 'इसके सिवा मैं कुछ भी नहीं हूँ' और 'मेरे बिना यह कुछ भी नहीं है'—ऐसे अन्तस् के निश्चय को छोड़कर मन के साथ ऐसा ही विचार (निश्चय) करो कि—'मैं इन पदार्थों का नहीं हूँ और ये पदार्थ भी मेरे नहीं हैं।' ऐसी भी भावना किया करो। भीतर में विलसित प्रत्यग्भावयुक्त बुद्धि से केवल लीलाभाव से ही क्रिया करने वाले का जो वासनात्याग है, वह ध्यानार्ह है, ऐसा कहा गया है। हे ब्राह्मण! समानतायुक्त बुद्धि से वासनाओं का सम्पूर्ण नाश करके मनुष्य ममतारहित होता है और सदा के लिए देह का त्याग करता है, इसलिए उस वासना का त्याग करना ही सुयोग्य है। जो मनुष्य अहंकारमय वासना का पहले लीलाभाव में ही त्याग करके अन्त में ध्येय वस्तु को भी छोड़कर रहता है वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

निर्मूलं कलनां त्यक्त्वा वासनां यः शमं गतः ।
ज्ञेयत्यागमिमं विद्धि मुक्तं तं ब्राह्मणोत्तमम् ॥46॥

द्वावेतौ ब्रह्मतां यातौ द्वावेतौ विगतज्वरौ ।
आपतत्सु यथाकालं सुखदुःखेष्वनारतौ ॥47॥
संन्यासियोगिनौ दान्तौ विद्धि शान्तौ मुनीश्वर ।
ईप्सितानीप्सिते न स्तो यस्यान्तर्वर्तिदृष्टिषु ॥48॥
सुषुप्तवद्यश्चरति स जीवन्मुक्त उच्यते ।
हर्षामर्षभयक्रोधकामकार्पण्यदृष्टिभिः ॥49॥

भावनारूप वासना का मूल से ही त्याग करके जो मनुष्य शम को प्राप्त करता है, वही वास्तव में उसका त्याग है, ऐसा जानना चाहिए और उसी मनुष्य को तुम्हें ब्रह्मनिष्ठों में श्रेष्ठ मानना चाहिए, उसी को उत्तम मुक्त जानना चाहिए। हे मुनीश्वर! जो संन्यासी और योगी यथासमय आया करते हुए सुखों और दुःखों में आसक्त नहीं होते और संतापरहित ही रहते हैं, वे दोनों (संन्यासी और योगी) ब्रह्म को प्राप्त हो गए हैं। वे ही दमनशील हैं, वे ही शान्त हैं, ऐसा तुम जानो। जिसकी भीतर की (पारमार्थिक) दृष्टि में न कुछ चाहा हुआ होता है और न कुछ अनचाहा-सा ही होता है और जो सदा सुषुप्ति में ही रहता हो, इस तरह वर्तन करता है, इस प्रकार से विचरण करने वाले को जीवन्मुक्त कहा जाता है। (और भी—) वह वासना-तृष्णा से रहित होते हुए हर्ष, ईर्ष्या, भय, क्रोध, कामना तथा कृपणता की दृष्टि से—

न हृष्यति ग्लायति यः परामर्शविवर्जितः ।
बाह्यार्थवासनोद्भूता तृष्णा बद्धेति कथ्यते ॥50॥
सर्वार्थवासनोन्मुक्ता तृष्णा मुक्तेति भण्यते ।
इदमस्तु ममेत्यन्तमिच्छां प्रार्थनयाऽन्विताम् ॥51॥
तां तीक्ष्णशृङ्खलां विद्धि दुःखजन्मभयप्रदाम् ।
तामेतां सर्वभावेषु सत्स्वसत्सु च सर्वदा ॥52॥

—हर्षित भी नहीं होता और ग्लानि को भी नहीं प्राप्त करता। बाह्य विषयों की तृष्णा से उत्पन्न हुई वासना को 'बद्ध तृष्णा' कहते हैं और सर्व विषयों की तृष्णा से मुक्त वासना को 'मुक्त तृष्णा' कहा जाता है। 'यह वस्तु मेरी हो जाए'—ऐसी माँग के साथ जो अत्यन्त तीव्र इच्छा होती है, उसी को तुम तीक्ष्ण शृंखला समझो। सभी विषयों में वे वास्तव में हों या न हों, पर उन पर की तृष्णा को तुम तीव्र साँकल समझो।

संत्यज्य परमोदारं पदमेति महामनाः ।
बन्धास्थामथ मोक्षास्थां सुखदुःखदशामपि ॥53॥
त्यक्त्वा सदसदास्थां त्वं तिष्ठाक्षुब्धमहाब्धिवत् ।
जायते निश्चयः साधो पुरुषस्य चतुर्विधः ॥54॥

ऐसी उस तीव्र शृंखला को छोड़कर महात्मा पुरुष और भी उदार बन जाता है। चाहे वह बन्ध की आस्था हो, चाहे मोक्ष की आस्था हो या चाहे सुख-दुःख की दशा हो। (पर उसे छोड़कर ही उदार हुआ जा सकता है।) सत् या असत् के ऊपर की किसी भी प्रकार की आस्था को छोड़कर तुम अक्षुब्ध सागर की तरह शान्त बने रहो। हे साधु! पुरुष का निश्चय इन चार प्रकारों का हो सकता है।

आपादमस्तकमहं मातापितृविनिर्मितः ।
इत्येको निश्चयो ब्रह्मन् बन्धायासविलोकनात् ॥55॥
अतीतः सर्वभावेभ्यो वालाग्रादप्यहं तनुः ।
इति द्वितीयो मोक्षाय निश्चयो जायते सताम् ॥56॥
जगज्जालपदार्थात्मा सर्व एवाहमक्षयः ।
तृतीयो निश्चयश्चोक्तो मोक्षायैव द्विजोत्तम ॥57॥

'पैर से मस्तक तक मैं मातापिता के द्वारा निर्मित हुआ हूँ'—यह प्रथम निश्चय है। हे ब्राह्मण ! इसमें बन्धन तथा आयास देखने में आते हैं। 'मैं सर्व पदार्थों से परे हूँ, और बाल की नोक से भी सूक्ष्म हूँ'—ऐसा दूसरा निश्चय सज्जनों को मोक्ष देने वाला होता है। हे उत्तम ब्राह्मण ! 'इस जगत् के जाल और पदार्थों का मैं ही आत्मा हूँ, मैं ही सर्वस्वरूप अविनाशी आत्मा हूँ'—ऐसा तीसरा निश्चय भी मोक्ष देने वाला कहा जाता है।

अहं जगद्वा सकलं शून्यं व्योम समं सदा ।
एवमेष चतुर्थोऽपि निश्चयो मोक्षसिद्धिदः ॥58॥
एतेषां प्रथमः प्रोक्तस्तृष्णया बन्धयोग्यया ।
शुद्धतृष्णास्त्रयः स्वच्छा जीवन्मुक्ता विलासिनः ॥59॥
सर्वं चाप्यहमेवेति निश्चयो यो महामते ।
तमादाय विषादाय न भूयो जायते मतिः ॥60॥

'मैं अथवा जगत्, यह सब सदैव शून्य आकाश जैसा ही है'—यह चौथा निश्चय भी मोक्ष की सिद्धि कराने वाला है। इन चारों में जो पहला निश्चय है, वह बन्धनयोग्य तृष्णा के कारण से होता है। शेष के तीन निश्चय तृष्णा से रहित होते हैं। उन निश्चयों को करने वाले मनुष्य स्वच्छ, जीवन्मुक्त और आत्मतत्त्व में ही विलास करने वाले होते हैं। हे परमबुद्धिशाली ! 'मैं ही सब कुछ हूँ'—ऐसे निश्चय को स्वीकार करके फिर बुद्धि कदापि खिन्न नहीं हो सकती।

शून्यं तत् प्रकृतिर्माया ब्रह्म विज्ञानमित्यपि ।
शिवः पुरुष ईशानो नित्यमात्मेति कथ्यते ॥61॥

उसी परमतत्त्व को लोकायतिक और बौद्ध आदि 'शून्य' कहते हैं और प्राकृत लोग (भौतिकवादी) उसे 'प्रकृति' कहते हैं। उसी को विज्ञानवादी बौद्ध 'विज्ञान' कहते हैं और उसी को शैव-सम्प्रदाय वाले 'शिव' कहकर पुकारते हैं। सांख्य लोग उसे पुरुष कहते हैं, योगी लोग उसे 'ईश्वर' कहते हैं। लेकिन अद्वैती लोग ऐसा कहते हैं कि उन लोगों ने जो ब्रह्म के बारे में कल्पनाएँ की हैं वे सब माया ही है। वास्तव में तो वह अद्वैत ब्रह्म ही एक तत्त्व है।

द्वैताद्वैतसमुद्भूतैर्जगन्निर्माणलीलया ।
परमात्ममयी शक्तिरद्वैतैव विजृम्भते ॥62॥
सर्वातीतपदालम्बी परिपूर्णैकचिन्मयः ।
नोद्वेगी न च तुष्टात्मा संसारे नावसीदति ॥63॥

द्वैत और अद्वैत में से उत्पन्न हुए पदार्थों के द्वारा जगत् की रचनारूपी लीला करके वह परमात्ममय अद्वैतशक्ति ही विलास कर रही है। सभी से परे रहे हुए उस परमतत्त्व का आश्रय करने

वाला मनुष्य, स्वयं केवल परिपूर्ण ब्रह्ममय बना हुआ, उद्वेग नहीं करता हुआ और प्रसन्नस्वरूप वह दिखाई नहीं देने वाला ज्ञानी मनुष्य संसार में कभी भी खिन्न नहीं होता।

प्राप्तकर्मकरो नित्यं शत्रुमित्रसमानदृक् ।
ईहितानीहितैर्मुक्तो न शोचति न काङ्क्षति ॥64॥
सर्वस्याभिमतं वक्ता चोदितः पेशलोक्तिमान् ।
आशयज्ञश्च भूतानां संसारे नावसीदति ॥65॥

स्वयं उपस्थित हुए कर्मों को करता रहने वाला, शत्रु और मित्र पर सदैव समान दृष्टि रखने वाला और इच्छा तथा अनिच्छा—दोनों से मुक्त पुरुष शोक नहीं करता और कभी किसी से कुछ आकांक्षा भी नहीं रखता। सभी को प्रिय वचन कहने वाला और किसी से प्रेरित होने पर ही प्रिय वचनों को बोलने वाला एवं प्राणियों के आशयों को जानने वाला इस संसार में कभी दुःखी नहीं होता।

पूर्वां दृष्टिमवष्टभ्य ध्येयत्यागविलासिनीम् ।
जीवन्मुक्ततया स्वस्थो लोके विहर विज्वरः ॥66॥
अन्तःसंत्यक्तसर्वाशो वीतरागो विवासनः ।
बहिःसर्वसमाचारो लोके विहरः विज्वरः ॥67॥
बहिःकृत्रिमसंरम्भो हृदि संरम्भवर्जितः ।
कर्ता बहिरकर्ताऽन्तर्लोके विहर शुद्धधीः ॥68॥
त्यक्ताहंकृतिराश्वस्तमतिराकाशशोभनः ।
अगृहीतकलङ्काङ्को लोके विहर शुद्धधीः ॥69॥

यदि तुम जीवन्मुक्ति चाहते हो तो बाह्य दृष्टि को छोड़कर उसके पहले की ब्रह्मदृष्टि का अवलम्बन करो और जीवन्मुक्त दशा में स्वस्थ होकर, तापरहित होकर विहार करते रहो। भीतर की सभी आशाओं को छोड़कर वीतराग और वासनारहित होकर बाहर के सभी आचारों का आचरण करते हुए ही संतापों से रहित होकर लोक में विहार करते रहो। बाहर केवल दिखावे का आवेश करते हुए भी भीतर में तो आवेश से रहित ही होकर रहो। उसी प्रकार बाहर कर्तारूप दिखाई पड़ने पर भी अन्तस् में अकर्ता ही रहकर शुद्ध बुद्धि से इस लोक में विहार करते रहो। अहंकार का त्याग करके शान्त बुद्धिवाला बनकर आकाश जैसा निर्मल बन जाओ और कलंक का एक दाग भी लगने न देकर शुद्ध बुद्धि से लोक में विहार करते रहो।

उदारः पेशलाचारः सर्वाचारानुवृत्तिमान् ।
अन्तःसङ्गपरित्यागी बहिःसंभारवानिव ॥70॥
अन्तर्वैराग्यमादाय बहिराशोन्मुखेहितः ।
अयं बन्धुरयं नेति कलना लघुचेतसाम् ॥71॥
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।
भावाभ्यविनिर्मुक्तं जरामरणवर्जितम् ॥72॥
प्रशान्तकलनाऽऽरम्यं नीरागं पदमाश्रय ।
एषा ब्राह्मी स्थितिः स्वच्छा निष्कामा विगतामया ॥73॥

उदार और सुन्दर आचारवाले होकर तुम बाहर के सभी आचारों का अनुसरण करते रहो। अन्तस् से तो संग के त्यागी ही रहकर बाहर की सामग्रियों का मानो स्वीकार कर लिया हो, ऐसा दिखावा मात्र

ही करो। और अन्तस् में वैराग्य को ही स्वीकार करके बाहर की आशाओं में मानो तत्पर हुए हो, ऐसी चेष्टा वाले हो जाओ। यह स्वजन है और यह पराया है, ऐसी गणना तो निम्न कोटि के मन वालों की होती है, उदार (उदात्त) चित्त वालों के लिए तो यह समग्र वसुधा ही कुटुम्ब के समान होती है। इसलिए भाव-अभाव से रहित और जरा-मरण आदि से रहित, जिसमें वासना प्रशान्त हो चुकी है ऐसे तथा राग (आसक्ति) रहित परम पद का ही आश्रय कर लो। यही ब्राह्मी स्थिति है। वही सभी कामनाओं से रहित और निष्कलंक है।

आदाय विहरन्नैवं संकटेषु विमुह्यति।
वैराग्येणाथ शास्त्रेण महत्त्वादिगुणैरपि ॥74॥
यत्संकल्पहरार्थं तत् स्वयमेवोन्नयेन्मनः।
वैराग्यात् पूर्णतामेति मनोनाशवशानुगम् ॥75॥
आशया रिक्ततामेति शरदीव सरोऽमलम्।
तमेव मुक्तविरसं व्यापारौघं पुनः पुनः ॥76॥
दिवसे दिवसे कुर्वन् प्राज्ञः कस्मान्न लज्जते।
चिच्चैत्यकलितो बन्धस्तन्मुक्तौ मुक्तिरुच्यते ॥77॥

इस प्रकार की ब्राह्मी स्थिति को धारण करके विहार करने वाला मनुष्य संकटों में भी मोह को प्राप्त नहीं होता। जो मन वैराग्य, शास्त्र एवं महत्ता आदि गुणों से संकल्पत्याग रूप विषयवाला बन जाता है, वह आप ही आप उन्नति को प्राप्त कर लेता है और नाश के वश में होता हुआ भी वह वैराग्य के द्वारा पूर्णता को प्राप्त कर लेता है। वह मन अनेक मनोवृत्तिवाला होने पर भी अन्त में 'ब्रह्मातिरिक्त कुछ है ही नहीं'—इस प्रकार की आशा (ज्ञान) के कारण, शरद ऋतु में जिस तरह आकाश स्वच्छ हो जाता है उसी तरह वृत्तिविहीन (स्वच्छ) हो जाता है। ऐसा मनोरहित महात्मा उसी व्यापारसमूह को बार-बार मुक्त किया हुआ और रसहीन ही मानता है और फिर भी दिन-प्रति-दिन उसे करते रहने में भला क्यों लज्जित नहीं होगा ? चित् और चैत्य (जगत्) का संयोग ही बन्धन है और दोनों का अलग होना ही मुक्ति है।

चिदचैत्याऽखिलात्मेति सर्वसिद्धान्तसंग्रहः।
एतन्निश्चयमादाय विलोकय च धियेच्छया ॥78॥
स्वयमेवात्मनाऽऽत्मानमानन्दं पदमाप्स्यसि।
चिदहं चिदिमे लोकाश्चिदाशाश्चिदिमाः प्रजाः ॥79॥
दृश्यदर्शननिर्मुक्तः केवलामलरूपवान्।
नित्योदितो निराभासो द्रष्टा साक्षी चिदात्मकः ॥80॥
चैत्यनिर्मुक्तचिद्रूपं पूर्णज्योतिःस्वरूपकम्।
संशान्तसर्वसंवेद्यं संविन्मात्रमहं महत् ॥81॥
संशान्तसर्वसंकल्पः प्रशान्तसकलैषणः।
निर्चिन्तपदं गत्वा स्वस्थो भव मुनीश्वर ॥82॥ इति।

विषयों से (जगत् से) रहित जो आत्मा है, वही चैतन्य है, वही आत्मा है, ऐसा सर्वसिद्धान्तों का सारसंग्रह है। इस निश्चय को स्वीकार करके अपनी तेजस्वी बुद्धि से तुम उसका विचार (अनुसन्धान) किया करो, जिससे तुम स्वयं आप-ही-आप आनन्दरूप आत्मपद को प्राप्त करोगे। 'मैं चैतन्य हूँ', 'ये लोग चैतन्य हैं', 'ये दिशाएँ चैतन्य हैं' और 'ये प्रजाएँ भी चैतन्य हैं'—इस प्रकार से

दृश्य का दर्शन छूट जाएगा और तुम केवल आत्मरूप ही बन जाओगे। क्योंकि चैतन्य ही तो आत्मा है। वह सदोदित है, वह आभासरहित है, वह द्रष्टा है, वह साक्षी है। विषयों से रहित, चैतन्यरूप, पूर्णज्योतिस्वरूप, पूर्णतया शान्त और सभी अनुभवगम्य पदार्थ जिसमें शान्त हो गए हैं, 'ऐसा मैं केवल संविद्रूप (श्रेष्ठ अनुभूतिज्ञानवान्) हूँ'—इस प्रकार हे मुनीश्वर ! सभी संकल्पों को शान्त करके सभी इच्छाओं का शमन करके निर्विकल्प पद को प्राप्त करके तुम स्वस्थ हो जाओ।

य इमां महोपनिषदं ब्राह्मणो नित्यमधीते अश्रोत्रियः श्रोत्रियो भवति। अनुपनीत उपनीतो भवति। सोऽग्निपूतो भवति। स वायुपूतो भवति। स सूर्यपूतो भवति। स सोमपूतो भवति। स सत्यपूतो भवति। स सर्वपूतो भवति। स सर्वैर्देवैर्ज्ञातो भवति। स सर्वेषु तीर्थेषु स्नातो भवति। स सर्वैर्देवैरनुध्यातो भवति। स सर्वक्रतुभिरिष्टवान् भवति। गायत्र्याः षष्टिसहस्राणि जप्तानि फलानि भवन्ति। इतिहासपुराणानां रुद्राणां शतसहस्राणि जप्तानि फलानि भवन्ति। प्रणवानामयुतं जप्तं भवति। आचक्षुषः पङ्क्तिं पुनाति। आसप्तमान् पुरुषयुगान् पुनाति। इत्याह भगवान् हिरण्यगर्भः। जाप्येनामृतत्वं च गच्छतीति महोपनिषत् ॥83॥

इति षष्ठोऽध्यायः।

इति महोपनिषत्समाप्ता।

यदि कोई ब्राह्मण इस उपनिषद् का नित्य अध्ययन करता है, वह श्रोत्रिय न हो तो भी श्रोत्रिय बन जाता है। उपनयन संस्कार से रहित हो, तो भी उपनयन संस्कार वाला बन जाता है। वह अग्नि जैसा पवित्र, वायु जैसा पवित्र, सूर्य जैसा पवित्र, चन्द्र जैसा पवित्र, सत्य जैसा पवित्र और सभी तरह से पवित्र हो जाता हैं। वह सभी देवों के द्वारा जाना जाता है। वह सभी तीर्थों में स्नान किया हुआ माना जाता है। सभी देव उसका ध्यान करते हैं। वह सभी यज्ञों का करने वाला माना जाता है। उसे साठ हजार गायत्री मंत्र के जप का पुण्यफल मिलता है। उसे लाखों इतिहासों और पुराणों को पढ़ने का और जपने का पुण्य मिल जाता है। वह दस हजार ओंकार का जप करने वाला माना जाता है। और वह अपनी दृष्टि जहाँ तक दूर जाती हो, वहाँ तक की पूरी पंक्ति को पवित्र कर देने वाला होता है। वह अपने पहले की और अपने बाद की सात-सात पीढ़ियों के अपने वंशजों को पवित्र कर देता है। ऐसा भगवान् ब्रह्मा ने कहा है। इसलिए इस उपनिषद् का जप करने से मनुष्य मोक्ष प्राप्त करता है, ऐसी यह उपनिषद् है। यहाँ उपनिषद् का छठा अध्याय पूरा होता है।

इस प्रकार महोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि ... ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(64) शारीरकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

शुक्लयजुर्वेदीय परंपरा की इस छोटी उपनिषद् में केवल तत्त्व परिगणना ही है; यथा—पंच महाभूतों से बने इस शरीर में कठिन भाग पृथ्वी का, प्रवाह जल का, गरमी तेज का, स्फुरण वायु का और खालीपन आकाश का अंश है। कर्णादि ज्ञानेन्द्रियाँ और शब्दादि विषय क्रमशः महाभूतों में से उत्पन्न हुए। मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार को अन्तःकरण चतुष्टय कहते हैं। शरीर में चर्म-केशादि पृथ्वी का, मूत्रवीर्यादि जल का, भूख-प्यास तेज का, गत्यादि वायु का और काम-क्रोधादि आकाश का अंश है। सत्य-अहिंसादि सात्त्विक, कर्तृत्वादि अभिमान राजस और निद्रादि तामस गुण हैं। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-तुर्य—ये आत्मा की चार अवस्थाएँ हैं। पाँच महाभूतों के साथ मन-बुद्धि-अहंकार के मिलने से आठ प्रकार की प्रकृत्ति होती है। ज्ञानेन्द्रियाँ (5), कर्मेन्द्रियाँ (5), प्राण (5) और मन-बुद्धि (2)—ये मिलकर लिंग-शरीर होता है। प्रकृति, महत्, अहंकार, मन, तन्मात्राएँ (5), ज्ञानेन्द्रियाँ, (5) कर्मेन्द्रियाँ (5) और महाभूत (5)—ये मिलकर चौबीस तत्त्व होते हैं। पुरुष चौबीसों तत्त्वों से परे है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै॥
तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

हे पूर्णब्रह्म परमात्मा! आप हम दोनों (गुरु-शिष्य) की साथ-साथ रक्षा करें। हम दोनों का साथ-साथ पालन करें। हम दोनों साथ-साथ शान्ति प्राप्त करें। हम दोनों द्वारा प्राप्त की गई विद्या तेजोमयी हो। हम दोनों आपस में कभी द्वेष न करें।

हे परमात्मन्! हमारे त्रिविध (आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक) तापों की शान्ति हो।

ॐ अथातः पृथिव्यादिमहाभूतानां समवायं शरीरम्। यत् कठिनं सा पृथिवी यद्द्रवं तदापो यदुष्णं तत्तेजो यत् संचरति स वायुर्यत् सुषिरं तदाकाशम्॥1॥

पृथिवी आदि पाँच महाभूतों का समुच्चय ही यह शरीर है। इस शरीर में जो ठोस पदार्थ है वह पृथ्वी तत्त्व है, जो प्रवाहमान् पदार्थ है वह जलतत्त्व है, जो उष्णता है वह अग्नितत्त्व है, जो गतिशीलता (अर्थात् सतत स्फुरण) है, वह वायु तत्त्व है और जो सुषिर (खाली, छिद्र) है वह आकाशतत्त्व है।

श्रोत्रादीनि ज्ञानेन्द्रियाणि। श्रोत्रमाकाशे वायौ त्वगग्नौ चक्षुरप्सु जिह्वा पृथिव्यां घ्राणमिति। एवमिन्द्रियाणां यथाक्रमेण शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाश्चैते विषयाः पृथिव्यादिमहाभूतेषु क्रमेणोत्पन्नाः॥2॥

श्रोत्र आदि ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। आकाशतत्त्व से श्रोत्रेन्द्रिय, वायुतत्त्व से त्वगिन्द्रिय, अग्नितत्त्व से चक्षुरिन्द्रिय, जलतत्त्व से जिह्वा तथा पृथ्वी तत्त्व से घ्राणेन्द्रिय हैं। और इसी प्रकार इन्द्रियों के अपने-अपने विषय शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पृथ्वी आदि भूतों से यथाक्रम उत्पन्न हुए हैं।

वाक्पाणिपादपायूपस्थाख्यानि कर्मेन्द्रियाणि। तेषां क्रमेण वचनादान-गमनविसर्गानन्दाश्चैते विषयाः पृथिव्यादिमहाभूतेषु क्रमेणोत्पन्नाः॥3॥

वाणी, हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ (जननेन्द्रिय)—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ कही जाती हैं। इन कर्मेन्द्रियों के विषय क्रमशः बोलना, लेन-देन करना, चलना, छोड़ना और आनन्द प्राप्त करना है। वे भी पृथ्वी आदि महाभूतों से ही उत्पन्न होते हैं।

मनोबुद्धिरहंकारश्चित्तमित्यन्तःकरणचतुष्टयम्। तेषां क्रमेण संकल्प-विकल्पाध्यवसायाभिमानावधारणास्वरूपाश्चैते विषयाः। मनःस्थानं गलान्तं बुद्धेर्वदनमहंकारस्य हृदयं चित्तस्य नाभिरिति॥4॥

मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार—इन चारों को 'अन्तःकरण-चतुष्टय' की संज्ञा दी गई है। इनके विषय क्रमशः इस प्रकार हैं—(मन का) संकल्प-विकल्प, (बुद्धि का) निश्चय, (चित्त का) अवधारणा या स्मृति तथा (अहंकार का) अभिमान। मन का क्षेत्र गले का अन्तिम भाग, बुद्धि का क्षेत्र मुख, चित्त का क्षेत्र नाभि तथा अहंकार का क्षेत्र हृदय बताया गया है।

अस्थिचर्मनाडीरोममांसाश्चेति पृथिव्यंशाः। मूत्रश्लेष्मरक्तशुक्रस्वेदा अबंशाः। क्षुत्तृष्णाऽऽलस्यमोहमैथुनान्यग्नेः। प्रचारणविलेखनस्थूला-क्ष्युन्मेषनिमेषादि वायोः। कामक्रोधलोभमोहभयान्याकाशस्य॥5॥

अस्थि, त्वचा, नाड़ी, रोंगटे और मांस जो शरीर में हैं वह पृथ्वीतत्त्व का अंश है। जो मूत्र, कफ, रक्त, वीर्य और पसीना हैं, वे जलतत्त्व के अंश हैं। भूख, प्यास, आलस्य, मोह और मैथुन—ये अग्नितत्त्व के अंश हैं। फैलना, चलना, गति करना, उड़ना, पलकों का मिलन-उन्मीलन करना, ये सब वायु तत्त्व के अंश हैं और काम, क्रोध, लोभ, भय, मोह आदि सब आकाशतत्त्व के अंश हैं।

शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः पृथिवीगुणाः। शब्दस्पर्शरूपरसाश्चापां गुणाः। शब्दस्पर्शरूपाण्यग्निगुणाः। शब्दस्पर्शाविति वायुगुणौ। शब्द एक आकाशस्य॥6॥

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पाँचों पृथ्वी के गुण कहे गए हैं। शब्द, स्पर्श, रूप और रस—ये चार जल तत्त्व के गुण कहे गए हैं। शब्द, स्पर्श और रूप—ये तीन अग्नितत्त्व (तेजतत्त्व) के गुण कहे गए हैं। शब्द और स्पर्श—ये दो वायु तत्त्व के गुण कहे गए हैं और शब्द—यह एक गुण आकाश का कहा गया है।

सात्त्विकराजसतामसलक्षणानि त्रयो गुणाः॥7॥

सात्त्विक, राजस और तामस—इन तीन लक्षणों से युक्त तीन गुण कहे जाते हैं।

अहिंसा सत्यमस्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः।
अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचं संतोष आर्जवम्॥8॥

अमानित्वमदम्भित्वमास्तिकत्वमहिंस्रता ।
एते सर्वे गुणाः ज्ञेयाः सात्विकस्य विशेषतः ॥9॥

अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अक्रोध (क्रोध का अभाव), गुरु की सेवा-शुश्रूषा करना, पवित्रता, सन्तोष, सरलता, अमानित्व का भाव, दम्भ का अभाव, आस्तिकता, हिंसक न बनना—ये सब गुण मुख्यरूप से सात्त्विक स्वभाव वाले मनुष्यों में होते है ।

अहं कर्ताऽस्म्यहं भोक्ताऽस्म्यहं वक्ताऽभिमानवान् ।
एते गुणा राजसस्य प्रोच्यन्ते ब्रह्मवित्तमैः ॥10॥
निद्राऽऽलस्ये मोहरागौ मैथुनं चौर्यमेव च ।
एते गुणास्तामसस्य प्रोच्यन्ते ब्रह्मवादिभिः ॥11॥

'मैं कर्ता हूँ', 'मैं भोक्ता हूँ' 'मैं वक्ता हूँ'—इस तरह के अभिमानयुक्त गुण राजसी प्रकृति वाले मनुष्यों के बताए गए हैं और निद्रा, आलस्य, मोह, आसक्ति, मैथुन और चोरी करना—ये सब गुण तामसी प्रकृति वाले मनुष्यों के ब्रह्मवादियों के द्वारा बताए गए हैं । (अर्थात् तत्त्वज्ञानियों का यह कहना है अतः सत्य है ।)

ऊर्ध्वं सात्त्विको मध्ये राजसोऽधस्तामस इति ॥12॥
सम्यज्ज्ञानं सात्विकम् । धर्मज्ञानं राजसम् । तिमिरान्धं तामसमिति ॥13॥

सर्वश्रेष्ठ उच्च पद सात्त्विक गुण को कहा गया है । राजस गुण को मध्यम तथा तामस गुण को अधम कहा गया है । सत्य (ब्रह्म) का ज्ञान सात्त्विक है, धर्म का ज्ञान राजस है और अन्धकार से युक्त जो अधर्ममूढता है, उसे ही तामस ज्ञान कहा जाता है ।

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तितुरीयमिति चतुर्विधा अवस्थाः । ज्ञानेन्द्रियकर्मेन्द्रियान्तःकरणचतुष्टयं चतुर्दशकरणयुक्तं जाग्रत् । अन्तःकरणचतुष्टयैरेव संयुक्तः स्वप्नः । चित्तैककरणा सुषुप्तिः । केवलजीवसंयुक्तमेव तुरीयमिति ॥14॥

जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय—ये चार अवस्थाएँ हैं । जाग्रदवस्था में पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पाँच कर्मेन्द्रिय और चार अन्तःकरण (मन-बुद्धि-चित्त-अहंकार)—ये चौदह करण सक्रिय रहते हैं। स्वप्नावस्था चार अन्तःकरण सम्मिलित रूप में क्रियाशील रहते हैं । सुषुप्तावस्था में केवल चित्त ही एकमात्र करण का काम करता है । तुरीयावस्था में तो केवल जीवात्मा ही एकमात्र शेष रह जाता है ।

उन्मीलितनिमीलितमध्यस्थजीवपरमात्मनोर्मध्ये जीवात्मा क्षेत्रज्ञ इति विज्ञायते ॥15॥

खुले हुए और बन्द किए गए नेत्रों के बीच की स्थिति में जीव और परमात्मा—दोनों के बीच जो जीवात्मा है, उसे 'क्षेत्रज्ञ' नाम से पहचाना गया है ।

बुद्धिकर्मेन्द्रियप्राणपञ्चकैर्मनसा धिया ।
शरीरं सप्तदशभिः सूक्ष्मं तल्लिङ्गमुच्यते ॥16॥

ज्ञानेन्द्रिय (5), कर्मेन्द्रिय (5), प्राण (5) और मन-बुद्धि (2)—इन सत्रह तत्त्वों का सूक्ष्मस्वरूप लिंगशरीर कहा गया है, ऐसा समझना चाहिए ।

मनोबुद्धिरहंकारः खानिलाग्निजलानि भूः ।
एताः प्रकृतयस्त्वष्टौ विकाराः षोडशापरे ॥17॥

मन, बुद्धि, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी—ये आठ प्रकृति के विकार कहे गए हैं । इनके अलावा भी सोलह विकार और ज्यादा भी बताए गए हैं ।

श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा घ्राणं चैव तु पञ्चमम् ।
पायूपस्थौ करौ पादौ वाक्चैव दशमी मता ॥18॥
शब्दः स्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धस्तथैव च ।
त्रयोविंशतिरेतानि तत्त्वानि प्रकृतानि तु ॥19॥
चतुर्विंशतिरव्यक्तं प्रधानं पुरुषः परः ॥ इत्युपनिषत् ॥20॥

इति शारीरकोपनिषत्समाप्ता ।

श्रोत्र, त्वचा, चक्षु, जिह्वा तथा घ्राण—ये ज्ञानेन्द्रियरूप पाँच विकार तथा गुदा, उपस्थ, हाथ, पैर और वाक्—ये पाँच कर्मेन्द्रियरूप विकार तथा शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध—ये पाँच—ये सभी तथा उपर्युक्त मन आदि आठ विकार मिलकर के कुल प्रकृति के तेईस तत्त्व होते हैं । चौबीसवें तत्त्व को 'अव्यक्त' या 'प्रधान' या 'प्रकृति' कहा जाता है । और पचीसवाँ पुरुष तो इन सभी से परे है । इस तरह कुल मिलाकर पचीस तत्त्वों के समूह वाला यह विश्व ब्रह्माण्ड है यही यह शारीरक उपनिषत् है ।

इस प्रकार शारीरकोपनिषत् समाप्त होती है ।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ.....मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(65) योगशिखोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस कृष्णयजुर्वेदीय उपनिषत् में हिरण्यगर्भ तथा महादेव के संवाद के रूप में तत्त्वज्ञान और योग की बहुत-सी बातें बताई गई हैं। छः अध्यायवाली इस लम्बी उपनिषद् में मोक्ष के साधनरूप ज्ञान और योग—इन दो मार्गों की, विशेषत: योग की विस्तृत चर्चा की गई है। जीव जो कि सुख-दुःख, काम-क्रोध, जन्म-मृत्यु आदि दोषयुक्त है, उसे 'शिव' बनाने के ये दो मार्ग हैं। इन दो मार्गों के अनुसरण से जीव के उपर्युक्त सभी दोष दूर हो जाते हैं और वह शिव बन जाता है। इस पूरी उपनिषद् में आसन, प्राणायाम, बन्ध, मुद्रा, आदि योग की सभी क्रियाओं का तथा चक्रों, नाड़ियों आदि का अत्यन्त सविस्तार एवं विशद वर्णन किया गया है, जोकि उपनिषद् का पूर्ण ध्यान से अभ्यास करने पर ही मालूम हो सकता है। उपनिषत् साधक को उपदेश देते हुए पहले यह कहती है कि साधक को पद्मासन करके, नासाग्र दृष्टि करके, हाथ-पैरों को स्थिर रख कर, बैठना चाहिए और बाद में मन को एकाग्र करके प्रणव का चिन्तन करना चाहिए, तथा हृदय में दीपशिखा जैसे ब्रह्म का ध्यान करना चाहिए। हमारे इस शरीर में मेरुदण्डरूप एक स्तम्भ है, नौ दरवाजे हैं, तीन मुख्य नाड़ीरूप तीन खूँटे हैं तथा पाँच प्राण रूप पाँच देव हैं। जब साधक पापरहित हो जाता है, तब इस योग के द्वारा संसार को काटता है और परब्रह्म का अनुभव प्राप्त करता है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ.....मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोऽध्यायः

सर्वे जीवाः सुखैर्दुःखैर्मायाजालेन वेष्टिताः।
तेषां मुक्तिः कथं देव कृपया वद शंकर ॥1॥
सर्वसिद्धिकरं मार्गं मायाजालनिकृन्तनम्।
जन्ममृत्युजराव्याधिनाशनं सुखदं वद ॥2॥ इति ॥

हे शंकर! सभी जीव माया के जाल के द्वारा सुखों और दुःखों में फँसे (घिरे) हुए हैं। उनकी मुक्ति कैसे हो सकती है, वह कृपा करके आप मुझे बताइए। जो मार्ग सर्व की सिद्धि करने वाला हो, जो मार्ग माया के जाल को काटने वाला हो, जो जन्म, मृत्यु, जरा और पीड़ाओं का नाश करने वाला हो, जो सुखकारी हो, उसे आप मुझे कृपा करके बताइए।

हिरण्यगर्भः पप्रच्छ स होवाच महेश्वरः।
नानामार्गैस्तु दुष्प्रापं कैवल्यं परमं पदम् ॥3॥

सिद्धिमार्गेण लभते नान्यथा पद्मसम्भव।
पतिताः शास्त्रजालेषु प्रज्ञया तेन मोहिताः ॥4॥
स्वात्मप्रकाशरूपं तत् किं शास्त्रेण प्रकाश्यते।
निष्कलं निर्मलं शान्तं सर्वातीतं निरामयम् ॥5॥

इस प्रकार का प्रश्न हिरण्यगर्भ (ब्रह्माजी) ने जब शंकर जी से पूछा, तब वे महेश्वर बोले कि हे पद्मज! यह कैवल्य का परमपद तरह-तरह के मार्गों के द्वारा तो नहीं प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए तो एक जो श्रुतिसिद्ध मार्ग है, इसी के द्वारा वह परमपद प्राप्त किया जा सकता है, अन्य मार्गों से नहीं। फिर भी लोग ऐसे हैं कि अपनी बुद्धि से साधन-चतुष्टय भूलकर ही शास्त्रों के जाल में पड़े (फँसे) हैं और उससे मोहित होते रहते हैं। किन्तु शास्त्र द्वारा सही रूप में जो प्रकाशित होता है, वह तो अंशरहित, निष्कलंक, शान्त, सबसे परे, निर्दोष तत्त्व है।

तदेव जीवरूपेण पुण्यपापफलैर्वृतम्।
परमात्मपदं नित्यं तत् कथं जीवतां गतम् ॥6॥
तत्त्वातीतं महादेव प्रसादात् कथयेश्वर।
सर्वभावपदातीतं ज्ञानरूपं निरञ्जनम् ॥7॥

वही परमतत्त्व पुण्यों और पापों के फलों से आवृत होकर जीवदशा को प्राप्त हुआ है। तब ब्रह्माजी ने पूछा कि—हे महादेव! परन्तु वह सभी तत्त्वों से परे रहने वाला नित्य तत्त्व भला जीव दशा को प्राप्त ही कैसे हो गया? हे ईश्वर! कृपा करके आप मुझे यह बताइए। वह तत्त्व तो सर्वस्वभाव से रहित ही कहा गया है।

वायुवत् स्फुरितं स्वस्मिंस्तत्राहंकृतिरुत्थिता।
पञ्चात्मकमभूत् पिण्डं धातुबद्धं गुणात्मकम् ॥8॥
सुखदुःखैः समायुक्तं जीवभावनया कुरु।
तेन जीवाभिधा प्रोक्ता विशुद्धे परमात्मनि ॥9॥

तब महादेव ने उत्तर दिया—यद्यपि वह सर्वस्वभाव से रहित है, निरंजन (मलिनतारहित) है। तथापि आकाश में जैसे यों ही स्वभावतः वायु स्फुरित होता है, उसी प्रकार उसमें अहंकार उत्पन्न हो गया और उसी से एक पंचात्मक पिण्ड उत्पन्न हुआ। वह पिण्ड धातुओं (पदार्थों) से बद्ध था और त्रिगुणात्मक था अथवा वह पंच धातुओं से युक्त पिण्ड उन-उन धातुओं के गुण वाला था और सुखों तथा दुःखों से भरा हुआ था। उसमें जीव की भावना से प्रवृत्त करने से उस विशुद्ध परमात्मा का भी 'जीव' नाम पड़ गया।

कामक्रोधभयं चापि मोहलोभमथो रजः।
जन्म मृत्युश्च कार्पण्यं शोकस्तन्द्रा क्षुधा तृषा ॥10॥
तृष्णा लज्जा भयं दुःखं विषादो हर्ष एव च।
एभिर्दोषैर्विनिर्मुक्तः स जीवः शिव उच्यते ॥11॥

यह जो जीव है, वह काम, क्रोध, भय, मोह, लोभ और मलिनता, जन्म, मृत्यु, कृपणता, शोक, तन्द्रा, भूख, प्यास, तृष्णा, लज्जा, भय, दुःख, खिन्नता, हर्ष—इत्यादि ये जो दोष हैं, उनसे विनिर्मुक्त हो जाए तो वही जीव शिव ही कहा जाता है।

तस्माद्दोषविनाशार्थमुपायं कथयामि ते ।
ज्ञानं केचिद्वदन्त्यत्र केवलं तन्न सिद्धये ॥12॥
योगहीनं कथं ज्ञानं मोक्षदं भवतीह भो ।
योगोऽपि ज्ञानहीनस्तु न क्षमो मोक्षकर्मणि ॥13॥
तस्माज्ज्ञानं च योगं च मुमुक्षुर्दृढमभ्यसेत् ।
ज्ञानस्वरूपमेवादौ ज्ञेयं ज्ञानैकसाधनम् ॥14॥

इसलिए उन दोषों के निवारण के लिए मैं तुम्हें उपाय बतला रहा हूँ। कुछ लोग कहते हैं कि उन दोषों को दूर करने के लिए ज्ञान ही एक उपाय है। पर वह योग से विहीन केवल ज्ञान तो उपाय नहीं है। अरे! योग के बिना ज्ञान भला कैसे मोक्षदायक हो सकता है? और ज्ञान के बिना अकेला योग भी तो मोक्षरूप कार्यसिद्धि के लिए समर्थ नहीं हो सकता। इसलिए मुमुक्षु को ज्ञान और योग—दोनों का दृढ अभ्यास करना चाहिए। पहले ज्ञान का स्वरूप मुमुक्षु को जान लेना चाहिए क्योंकि जो ज्ञेय है, वह केवल ज्ञान से ही प्राप्त किया जा सकता है।

अज्ञानं कीदृशं चेति प्रविचार्यं मुमुक्षुणा ।
ज्ञातं येन निजं रूपं कैवल्यं परमं पदम् ॥15॥
असौ दोषैर्विनिर्मुक्तः कामक्रोधभयादिभिः ।
सर्वदोषैर्वृतो जीवः कथं ज्ञानेन मुच्यते ॥16॥
स्वात्मरूपं यथा ज्ञानं पूर्णं तद्व्यापकं तथा ।
कामक्रोधादिदोषाणां स्वरूपान्नास्ति भिन्नता ॥17॥
पश्चात् तस्य विधिः किं नु निषेधोऽपि कथं भवेत् ।
विवेकी सर्वदा मुक्तः संसारभ्रमवर्जितः ॥18॥
परिपूर्णस्वरूपं तत् सत्यं कमलसम्भव ।
सकलं निष्कलं चैव पूर्णत्वाच्च तदेव हि ॥19॥

और साथ ही अज्ञान भी कैसा होता है, इस तरह अज्ञान के स्वरूप का भी अच्छी तरह विचार करके ही जिस मुमुक्षु ने अपने कैवल्यरूप परमपद को जान लिया है, वह मुक्त हो जाता है। परन्तु ब्रह्माजी फिर पूछते हैं कि—'यह काम, क्रोध, भय आदि से घिरा हुआ जीव मुक्त कैसे हो सकता है?' तब महादेव ने उत्तर देते हुए कहा कि—'मुक्त होता है क्योंकि स्वरूप ज्ञान तो पूर्ण और सर्वव्यापक ही है। इसका अर्थ तो यह हुआ कि काम, क्रोध आदि दोष भी उस सर्वव्यापक तत्त्व (स्वात्मरूप) से भिन्न तो हैं ही नहीं।' (उस व्यापक में ही तो वे हैं।) तब ब्रह्मा ने पूछा कि—यदि उस सर्वव्यापक से ये दोष अभिन्न ही हैं अर्थात् हैं ही नहीं, तो फिर उनके निषेध और विधि का प्रश्न ही कहाँ उठ सकता है?' तब शंकर बोले—'ठीक है (उसका विधि-निषेध न होने पर भी) जो विवेकी मनुष्य है, उसके लिए तो ऐसा विधिनिषेध का प्रश्न नहीं है, क्योंकि वह तो सदैव मुक्त होता है और उसको तो स्वात्मा में संसार के भ्रम का अभाव ही रहता है। हे कमलसंभव ब्रह्मा जी! क्योंकि वह जो सत्य, परिपूर्ण स्वरूप, निरवयव और सकल ब्रह्म है वही अपनी पूर्णता से ही युक्त होता है।

कलिना स्फूर्तिरूपेण संसारभ्रमतां गतम् ।
निष्कलं निर्मलं साक्षात् सकलं गगनोपमम् ॥20॥

उत्पत्तिस्थितिसंहारस्फूर्तिज्ञानविवर्जितम् ।
एतद्रूपं समायातः स कथं मोहसागरे ॥21॥
निमज्जति महाबाहो त्यक्त्वा विद्यां पुनःपुनः ।
सुखदुःखादिमोहेषु यथा संसारिणां स्थितिः ॥22॥
तथा ज्ञानी यदा तिष्ठेद्वासनावासितस्तदा ।
तयोर्नास्ति विशेषोऽत्र समा संसारभावना ॥23॥
ज्ञानं चेदीदृशं ज्ञातमज्ञानं कोदृशं पुनः ।
ज्ञाननिष्ठोऽविरक्तोऽपि धर्मज्ञोऽविजितेन्द्रियः ॥24॥

वह आकाश जैसा व्यापक निरवयव अपरोक्ष ब्रह्म गतिशील, स्फुरणशील कलि-मोह से संसाररूपी भ्रम को प्राप्त हुआ है। तब ब्रह्माजी ने फिर पूछा कि—"पारमार्थिक रूप से तो यह ब्रह्म उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय, गतिशीलता आदि के ज्ञान से रहित है, तो फिर वह ऐसे स्वरूपवाला ब्रह्म मोहरूपी सागर में कैसे पड़ गया? हे महाबाहो! विद्या को (अपने निज रूप को) भूलकर बार-बार सुख-दुःखादि स्थितियों में पड़ जाना तो संसारियों की ही स्थिति है। ब्रह्म में ऐसा क्यों होता है?" तब महादेवजी ने उत्तर दिया कि—"ठीक है, यह जैसे सुख-दुःख की स्थितियों में बार-बार आ पड़ना संसारियों की स्थिति है, वैसे ही ज्ञानी (ब्रह्मज्ञानी) भी वासनाओं से वासित होकर सुख-दुःख में आ पड़ता है। वासना के बारे में ज्ञानी-संसारी का कोई भेद नहीं है। (यहाँ ज्ञानी का अर्थ आभासज्ञानी मानना चाहिए) इस आभासज्ञानी की और संसारी मनुष्य की सांसारिक भावना तो समान ही होती है। इस आभासज्ञानी का ज्ञान ऐसा है तो फिर अज्ञान कैसा होता है? (वह भी तो ऐसा ही है) वह योगविहीन तथाकथित ज्ञानी तो वैराग्यहीन, धर्मज्ञ होते हुए भी असंयमी इन्द्रियों वाला ही होता है।"

विना देहेऽपि योगेन न मोक्षं लभते विधे ।
अपक्वाः परिपक्वाश्च देहिनो द्विविधाः स्मृताः ॥25॥
अपक्वा योगहीनास्तु पक्वा योगेन देहिनः ।
सर्वो योगाग्निना देहो ह्यजडः शोकवर्जितः ॥26॥
जडस्तु पार्थिवो ज्ञेयो ह्यपक्वो दुःखदो भवेत् ।
ध्यानस्थोऽसौ तथाप्येवमिन्द्रियैर्विवशो भवेत् ॥27॥

"हे विधि! इस देह में योग के बिना केवल ज्ञानमात्र से तो मोक्ष नहीं मिल सकता। देहधारी प्राणी दो प्रकार के होते हैं—एक पक्व हैं, दूसरे अपक्व हैं। उनमें जो योग से रहित (केवल ज्ञानमात्र से युक्त) हैं वे अपक्व हैं और जो देहधारी योग से युक्त होते हैं वे पक्व माने गए हैं। योगरूपी अग्नि से यह पूरा देह अजड अर्थात् चैतन्यमय और शोक से रहित हो जाता है और जो जड (योगरहित) पार्थिव देह अपक्व होता है, वह तो दुःखकारक ही होता है। वह ध्यान करने के लिए बैठा हो तो भी इन्द्रियों के द्वारा विवश (पराधीन) हो जाता है (यहाँ कहने का तात्पर्य यह है कि योग के बिना ध्यानादि संभव नहीं है। केवल विनियोगविहीन जानकारी मात्र का कोई अर्थ नहीं)।

तानि गाढं नियम्यापि तथाप्यन्यैः प्रबाध्यते ।
शीतोष्णसुखदुःखाद्यैर्व्याधिभिर्मानसैस्तथा ॥28॥
अन्यैर्नानाविधैर्जीवैः शस्त्राग्निजलमारुतैः ।
शरीरं पीड्यते तैस्तैश्चित्तं संक्षुभ्यते ततः ॥29॥

तथा प्राणविपत्तौ तु क्षोभमायाति मारुतः ।
ततो दुःखशतैर्व्याप्तं चित्तं क्षुब्धं भवेन्नृणाम् ॥30॥
देहावसानसमये चित्ते यद्यद्विभावयेत् ।
तत्तदेव भवेज्जीव इत्येवं जन्मकारणम् ॥31॥

उन इन्द्रियों को यथासंभव दृढ़तापूर्वक वश में लाना चाहिए। और भी, मनुष्य इन्द्रियों के अतिरिक्त शीतता, उष्णता तथा मानसिक सुखों और दुःखों से पीड़ित रहा करता है। तरह-तरह के अन्यान्य जीवों के द्वारा तथा शस्त्रों से, जल से, वायु से और ऐसे-ऐसे अनेकों से पीड़ित रहा करता है और इससे उसका चित्त संक्षुब्ध हुआ करता है। इस प्रकार के सैंकड़ों दुःखों से अज्ञानी जनों का चित्त क्षुब्ध हो जाता है और प्राणों की विपत्ति में प्राणवायु (दम) घुँट जाता है। देह के अवसान के समय में मनुष्य चित्त में जो-जो भावनाएँ करता है, उन-उन भावनाओं के अनुसार जीव जन्म लेता है। वे अन्तिम भावनाएँ ही उसके जन्म के कारणभूत होती हैं।

देहान्ते किं भवेज्जन्म तन्न जानन्ति मानवाः ।
तस्माज्ज्ञानं च वैराग्यं जीवस्य केवलं श्रमः ॥32॥
पिपीलिका यथा[दा] लग्ना देहे ध्यानाद्विमुच्यते ।
असौ किं वृश्चिकैर्दष्टो देहान्ते वा कथं सुखी ॥33॥

इस देह के अन्त के बाद कौन-सा जन्म मिलेगा, यह आभास ज्ञानी मनुष्य जानते नहीं है। इसलिए योग से रहित केवल जानकारी का ज्ञान और वैराग्य तो अर्थविहीन परिश्रम ही है। ध्यान में बैठे हुए जिस मनुष्य का ध्यान एक चींटी के काटने से भी छूट जाता है, वह पुरुष के मृत्यु के समय में बिच्छुओं के डंक मारने की-सी पीड़ा होने पर किस तरह सुखी हो सकता है भला ?

तस्मान्मूढा न जानन्ति मिथ्यातर्केण वेष्टिताः ।
अहंकृतिर्यदा यस्य नष्टा भवति तस्य वै ॥34॥
देहस्त्वपि भवेन्नष्टो व्याधयश्चास्य किं पुनः ।
जलाग्निशस्त्रखातादिबाधा कस्य भविष्यति ॥35॥
यदा यदा परिक्षीणा पुष्टा चाहंकृतिर्भवेत् ।
तमनेनास्य नश्यन्ति प्रवर्तन्ते रुगादयः ॥36॥
कारणेन विना कार्यं न कदाचन विद्यते ।
अहंकारं विना तद्वद्देहे दुःखं कथं भवेत् ॥37॥

इस बात को मिथ्या तर्क से घिरे हुए लोग समझ नहीं सकते कि जब अहंकार (मैं-मेरा) ही नष्ट हो जाता है, तब देह भी वास्तव में नष्ट ही हो जाता है। (भले ही वह बाहर से दिखाई दे रहा हो।) और तब तो फिर पीड़ाएँ होंगी किसको ? तब तो फिर जल, अग्नि, शस्त्र और खाई आदि की बाधाएँ भला किसको होंगी ? (किसी को नहीं होंगी। ज्ञानी अर्थात् वास्तविक योगयुक्त ज्ञानी का तो पारमार्थिक देह ही नहीं है) जब-जब पहले का परिक्षीण अहंकार बढ़ जाता है, तब इस देहाभिमान के दोष से मनुष्य के शरीर के रोग प्रवर्तित हो जाते हैं। क्योंकि कारण के बिना तो कार्य की उत्पत्ति बिल्कुल ही संभव नहीं है। तो फिर अहंकाररूप कारण के बिना तो देह में दुःख कैसे उत्पन्न हो सकता है ?

शरीरेण जिताः सर्वे शरीरं योगिभिर्जितम् ।
तत् कथं कुरुते तेषां सुखदुःखादिकं फलम् ॥38॥
इन्द्रियाणि मनो बुद्धिः कामक्रोधादिकं जितम् ।
तेनैव विजितं सर्वं नासौ केनापि बाध्यते ॥39॥
महाभूतानि तत्त्वानि संहृतानि क्रमेण च ।
सप्तधातुमयो देहो दग्धो योगाग्निना शनैः ॥40॥
देवैरपि न लक्ष्येत योगिदेहो महाबलः ।
भेदबन्धविनिर्मुक्तो नानाशक्तिधरः परः ॥41॥

इस शरीर के द्वारा सब जीते जा सकते हैं और उस शरीर को ही ब्रह्मात्मैक्य जानने वाले योगियों ने जीत लिया है। तो फिर वह शरीर सुख-दुःखादि फल कैसे उत्पन्न कर सकता है ? ऐसे योगी ने तो इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, काम, क्रोध आदि सब कुछ जीत ही लिया है, तो फिर सब कुछ उसी ने जीत लिया है। अतः वह तो किसी से जीता नहीं जा सकता। उस योगी ने अपने योगाग्नि से क्रमशः पाँच महाभूत और अन्य सब तत्त्व एकत्रित किए और यह सप्त धातु से बना देह, यह सब कुछ धीरे-धीरे जला ही दिया है। ऐसा वह योगियों का महाबलशाली देह सूक्ष्मता के कारण देवों के द्वारा भी नहीं देखा जा सकता, क्योंकि वह भेदों के सभी प्रकार के बन्धनों से मुक्त हो चुका है और सबसे परे है, वह विविध शक्तियों को धारण किए हुए है।

यथाकाशस्तथा देह आकाशादपि निर्मलः ।
सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरो दृश्यः स्थूलात्स्थूलो जडाजडः ॥42॥
इच्छारूपो हि योगीन्द्रः स्वतन्त्रस्त्वजरामरः ।
क्रीडते त्रिषु लोकेषु लीलया यत्रकुत्रचित् ॥43॥
अचिन्त्यशक्तिमान् योगी नानारूपाणि धारयेत् ।
संहरेच्च पुनस्तानि स्वेच्छया विजितेन्द्रियः ॥44॥
नासौ मरणमाप्नोति पुनर्योगबलेन तु ।
हठेन मृत एवासौ मृतस्य मरणं कुतः ॥45॥

इस योगी का देह तो जैसा आकाश होता है, वैसा ही होता है। वह तो आकाश से भी निर्मल होता है। वह सूक्ष्म से भी सूक्ष्मतर है। वह स्थूल-अस्थूल, जड़-अजड़, दृश्य-अदृश्य—दोनों अनेक दृष्टिभेद से हो सकता है। (अर्थात् सर्वसापेक्षताओं से परे और अनिर्वचनीय है।) क्योंकि वह योगीन्द्र तो अपनी इच्छानुसार रूप धारण कर सकता है। वह स्वतंत्र है, वह अजर है, अमर है। तीनों लोकों में वह अपनी इच्छानुसार जहाँ कहीं भी सिर्फ लीला के लिए ही क्रीड़ा करता हुआ घूमता है। वह योगी अचिन्त्य (अकल्पनीय) शक्तियों से सम्पन्न होता है और भाँति-भाँति के रूप धारण कर सकता है। और उन्हीं रूपों को फिर अपनी इच्छानुसार समेट भी सकता है। वह जितेन्द्रिय होता है। वह कभी मरण को प्राप्त नहीं होता। फिर भी अपने हठयोग से वह मर ही जाता है, तो मरे हुए का मरण कैसे हो सकता है ?

मरणं यत्र सर्वेषां तत्रासौ परिजीवति ।
यत्र जीवन्ति मूढास्तु तत्रासौ मृत एव वै ॥46॥

कर्तव्यं नैव तस्यास्ति कृतेनासौ न लिप्यते ।
जीवन्मुक्तः सदा स्वच्छः सर्वदोषविवर्जितः ॥47॥
विरक्ता ज्ञानिनश्चान्ये देहेन विजिताः सदा ।
ते कथं योगिभिस्तुल्या मांसपिण्डाः कुदेहिनः ॥48॥
देहान्ते ज्ञानिभिः पुण्यात् पापाच्च फलमाप्यते ।
ईदृशं तु भवेत् तत्तद् भुक्त्वा ज्ञानी पुनर्भवेत् ॥49॥

जहाँ पर सभी प्राणियों का मरण होता है, वहाँ यह योगीन्द्र जीवित ही रहता है और जहाँ पर सभी प्राणी (सभी मूढ़ लोग) जीवित होते हैं, वहाँ यह मरा हुआ ही है । ऐसे योगी के लिए कोई कर्तव्य नहीं होता और कर्मों से वह लिप्त भी नहीं होता । वह तो जीवन्मुक्त होता है, सदा विशुद्ध ही होता है और सभी दोषों से रहित ही होता है । लेकिन कुछ लोग वैराग्यवान् तो हैं, और जानकारी भी रखते हैं फिर भी योगरहित होने से सदैव अपने देह के द्वारा जीते जाते हैं (वे देह के वश में ही आ जाते हैं) । ऐसे वे लोग भला इन योगियों के समान कैसे हो सकते हैं । वे तो केवल मांस के पिण्ड ही हैं और वे मलिन देहवाले ही हैं । ऐसे आभासज्ञानियों के द्वारा देह के अन्त के बाद, उनके किए गए पुण्य और पाप के द्वारा फल प्राप्त किए जाते ही हैं, और ऐसे उस-उस फल को भोगने के लिए उनको फिर जन्म लेना पड़ता ही है ।

पश्चात् पुण्येन लभते सिद्धेन सह संगतिम् ।
ततः सिद्धस्य कृपया योगी भवति नान्यथा ॥50॥
ततो नश्यति संसारो नान्यथा शिवभाषितम् ।
योगेन रहितं ज्ञानं न मोक्षाय भवेद्विधे ॥51॥
ज्ञानेनैव विना योगो न सिध्यति कदाचन ।
जन्मान्तरैश्च बहुभिर्योगो ज्ञानेन लभ्यते ॥52॥

बाद में, उस आभासज्ञानी को किसी पुण्य से जीवन्मुक्त का संग हो जाने से, उस सिद्ध योगी की कृपा से वह आभासज्ञानी भी योगी बन सकता है, इसके अतिरिक्त तो उसके लिए कोई अन्य उपाय नहीं है । ऐसा योगी हो जाने पर उस आभासज्ञानी का संसार नष्ट हो जाता है । इसके अतिरिक्त तो कोई चारा नहीं है, ऐसा शिवजी ने कहा है । हे विधि ! (ब्रह्माजी !) योग से रहित ज्ञान मोक्षदायक हो ही नहीं सकता और ज्ञान के बिना योग भी सिद्ध नहीं हो सकता । (दोनों की आवश्यकता अनिवार्य है) और बहुत जन्म-जन्मान्तरों से ज्ञान के बाद योग की प्राप्ति हो सकती है ।

ज्ञानं तु जन्मनैकेन योगादेव प्रजायते ।
तस्माद्योगात् परतरो नास्ति मार्गस्तु मोक्षदः ॥53॥
प्रविचार्य चिरं ज्ञानं मुक्तोऽहमिति मन्यते ।
किमसौ मननादेव मुक्तो भवति तत्क्षणात् ॥54॥
पश्चाज्जन्मान्तरशतैर्योगादेव विमुच्यते ।
न तथा भवतो योगाज्जन्ममृत्यू पुनःपुनः ॥55॥

योग से ज्ञान तो एक ही जन्म द्वारा उत्पन्न हो सकता है । इसलिए योग से अधिक उत्तम मार्ग तो मोक्षदायक कोई है ही नहीं । ठीक है, लम्बे समय तक ज्ञान का अच्छी तरह से मनुष्य मनन करता

रहता है, परन्तु क्या मननरूप लक्षण ही से मनुष्य मुक्त हो जाता है ? (नहीं हो जाता) किन्तु मनन के बाद, सैंकड़ों जन्मों के ऐसे परिश्रम से जब योग की प्राप्ति होती है, तब उस योग से ही मनुष्य मुक्ति को प्राप्त कर सकता है । इसलिए उस योग की साधना से (हे ब्रह्मा !) आपके जन्म-मरण बार-बार नहीं होंगे ।

प्राणापानसमायोगाच्चन्द्रसूर्यैकता भवेत् ।
सप्तधातुमयं देहमग्निना रञ्जयेद् ध्रुवम् ॥56॥
व्याधयस्तस्य नश्यन्ति छेदखातादि का कथा ।
तदासौ परमाकाशरूपो देह्यवतिष्ठति ॥57॥
किं पुनर्बहुनोक्तेन मरणं नास्ति तस्य वै ।
देहिवद् दृश्यते लोके दग्धकर्पूरवत् स्वयम् ॥58॥

यह प्राण और अपान को समान (संयत) करने का योग है । इससे सूर्य और चन्द्र (दोनों नाड़ियों) की एकता की जाती है । इस योग के अनुष्ठाता की सभी व्याधियाँ दूर हो जाती हैं तब काटने या खात (खाई) आदि की तो बात ही क्या है ? (ऐसी व्याधियाँ तो अवश्य ही नष्ट हो जाएँगी ।) तब तो वह योगी परमाकाश जैसा व्यापक और शुद्ध होकर रहता है । और अधिक तो क्या कहा जाए ? ऐसे योगी का मरण होता ही नहीं है । ऐसा योगी लोक में तो सामान्य देहधारी जैसा मालूम होता है, परन्तु वास्तव में तो वह स्वयं केवल जले हुए कर्पूर जैसा ही (जागतिक अस्तित्वहीन) होता है ।

चित्तं प्राणेन सम्बद्धं सर्वजीवेषु संस्थितम् ।
रज्ज्वा यद्वत् सुसम्बद्धः पक्षी तद्वदिदं मनः ॥59॥
नानाविधैर्विचारैस्तु न बाध्यं जायते मनः ।
तस्मात् तस्य जयोपायः प्राण एव हि नान्यथा ॥60॥
तर्कैर्जल्पैः शास्त्रजालैर्युक्तिभिर्मन्त्रभेषजैः ।
न वशो जायते प्राणः सिद्धोपायं विना विधे ॥61॥

सभी प्राणियों में जो चित्त है, वह प्राण के साथ सम्बद्ध (जुड़ा हुआ) है । जिस प्रकार रस्सी से पक्षी बाँधा गया हो, उसी प्रकार से चित्त प्राणों से बँधा हुआ ही है । तरह-तरह के विचारमात्र करने से कहीं यह मन साध्य (वश में आने वाला) नहीं होता अथवा तो उन विचारों से मन बाध्य (प्रभावित) नहीं होता । इसीलिए इस मन के जय का उपाय प्राण के ऊपर जय प्राप्त करना ही है । प्राणजय के बिना मनोजय का अन्य कोई उपाय नहीं है । तर्कों से, बकवास करने से, शास्त्रों के जालों से या अन्य किन्हीं युक्तियों से, मंत्रों से या औषधियों से हे ब्रह्माजी ! यह प्राण सिद्ध (योग) के उपाय के बिना वश में आ ही नहीं सकता ।

उपायं तमविज्ञाय योगमार्गे प्रवर्तते ।
खण्डज्ञानेन सहसा जायते क्लेशवत्तरः ॥62॥
योऽजित्वा पवनं मोहाद्योगमिच्छति योगिनाम् ।
सोऽपक्वं कुम्भमारुह्य सागरं तर्तुमिच्छति ॥63॥
यस्य प्राणो विलीनोऽन्तः साधके जीविते सति ।
पिण्डो न पतितस्तस्य चित्तं दोषैः प्रबाधते ॥64॥

इस सिद्धमार्ग की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त किए बिना ही जो मनुष्य केवल छिछलेपन से ही योग का यदि अनुष्ठान करने लगता है, तब तो ऐसे खण्डित (अधूरे) ज्ञान से वह अधिक क्लेश प्राप्त करने वाला होता है। जो मनुष्य प्राण पर विजय प्राप्त किए बिना ही मोहवशात् इन बड़े योगियों के मार्ग पर चलने का साहस करता है, वह तो कच्चे घड़े पर बैठकर सागर को पार करना चाहता हो, ऐसा होता है। जब साधक जीवित है, फिर भी जिसका प्राण भीतर में विलीन हो गया हो, उसका देहपिण्ड तो अभी गिरा नहीं है, ऐसे साधक का मन दोषों से दूषित हो जाता है। (अर्थात् प्राण पर जिसने विजय प्राप्त न की हो और प्राण और अन्तस् दोनों जुड़े हुए ही हों, प्राणों से मनरूपी पक्षी बँधा ही हो उसका चित्त दोषपूर्ण ही होता है।)

शुद्धे चेतसि तस्यैव स्वात्मज्ञानं प्रकाशते।
तस्माज्ज्ञानं भवेद्योगाज्जन्मनैकेन पद्मज ॥65॥
तस्माद्योगं तमेवादौ साधको नित्यमभ्यसेत्।
मुमुक्षुभिः प्राणजयः कर्तव्यो मोक्षहेतवे ॥66॥
योगात् परतरं पुण्यं योगात् परतरं शिवम्।
योगात् परतरं सूक्ष्मं योगात् परतरं न हि ॥67॥

हे पद्मज ब्रह्माजी! उसी दोषयुक्त चित्तवाले पुरुष का चित्त जब शुद्ध हो जाता है, तब उसके अपने आत्मा का ज्ञान प्रकाशित हो जाता है। इस तरह योग से एक ही जन्म में ज्ञान प्राप्त हो जाता है। इसलिए साधक को चाहिए कि वह उस योग का ही पहले अभ्यास करे। मुमुक्षुओं को तो मोक्ष की प्राप्ति के लिए पहले प्राणजय ही कर लेना चाहिए। योग से अधिक श्रेष्ठ कोई पुण्य नहीं है, योग से अधिक श्रेष्ठ कोई कल्याण नहीं है, योग से अधिक श्रेष्ठ कोई सूक्ष्म तत्त्व नहीं है, योग से श्रेष्ठ कुछ नहीं है।

योऽपानप्राणयोरैक्यं रजसो रेतसस्तथा।
सूर्याचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनोः ॥68॥
एवं हि द्वन्द्वजालस्य संयोगो योग उच्यते।
अथ योगशिखां वक्ष्ये सर्वज्ञानेषु चोत्तमाम् ॥69॥

जो प्राण और अपान का ऐक्य है, जो रजस् और वीर्य का ऐक्य है, जो सूर्य और चन्द्र का (दोनों नाड़ियों का) योग है, इसी तरह जो जीवात्मा और परमात्मा का योग होता है, अर्थात् जो इस द्वन्द्व जाल का योग (मिलन) ऐक्य होता है, वही योग कहलाता है। अब मैं तुम्हें सब ज्ञानों में उत्तम ऐसी योगशिखा का ज्ञान कहूँगा।

यदानुध्यायते मन्त्रं गात्रकम्पोऽथ जायते।
आसनं पद्मकं बद्ध्वा यच्चान्यदपि रोचते ॥70॥
नासाग्रे दृष्टिमारोप्य हस्तपादौ च संयतौ।
मनः सर्वत्र संगृह्य ॐकारं तत्र चिन्तयेत् ॥71॥
ध्यायते सततं प्राज्ञो हृत्कृत्वा परमेश्वरम्।
एकस्तम्भे नवद्वारे त्रिस्थूणे पञ्चदैवते ॥72॥
ईदृशे तु शरीरे वा मतिमान्नोपलक्षयेत्।
आदित्यमण्डलाकारं रश्मिज्वालासमाकुलम् ॥73॥

पद्मासन या अन्य कोई मनपसन्द आसन लगाकर, नाक के अग्र भाग में दृष्टि को स्थिर करके हाथों और पैरों को समुचित रखते हुए, चारों ओर से मन का निरोध करके ॐकार का चिन्तन और ध्यान करना चाहिए। जब पहली बार मंत्र का ध्यान किया जाता है, तब शरीर में कँपकँपी पैदा हो जाती है। ध्यान करते समय वह ध्यानी (ज्ञानी) को नवद्वार वाले, एक स्तंभवाले, ब्रह्माशिवादि देवतावाले और तीन स्थूण (खम्भों की नींव) वाले (कर्म) ऐसे इस शरीर के बारे में बुद्धिमान को किसी प्रकार का विचार नहीं करना चाहिए। किरणों की ज्वालाओं से भरा हुआ जो आदित्य (सूर्य) के मंडल का आकार है—

तस्य मध्यगतं वह्निं प्रज्वलेद्दीपवर्तिवत्।
दीपशिखा तु या मात्रा सा मात्रा परमेश्वरे ॥74॥

—उस सूर्यमण्डल में एक वह्निमण्डल है (आदित्यमण्डल के बीच वह्निमण्डल है) और उसके मध्य में दीपशिखा है। उस दीपशिखा की जो मात्रा है, जो उसका स्वरूप है, परमेश्वर में भी वही मात्रा है (कहने का तात्पर्य यह है कि उस दीपशिखा में साधक को परमेश्वर की भावना करनी चाहिए। यहाँ पर परमेश्वर की सूक्ष्मता बताई है और पिण्ड की मूलाधारस्थ दीपशिखा का साम्य बताया है।)

भिन्दन्ति योगिनः सूर्यं योगाभ्यासेन वै पुनः।
द्वितीयं सुषुम्नाद्वारं परिशुभ्रं समर्पितम् ॥75॥
कपालसम्पुटं पीत्वा ततः पश्यति तत्पदम्।
अथ तद् ध्यायते जन्तुरालस्याच्च प्रमादतः ॥76॥
यदि त्रिकालमागच्छेत् स गच्छेत् पुण्यसम्पदम्।
पुण्यमेतत् समासाद्य संक्षिप्य कथितं मया ॥77॥

उस दीपशिखा की कृपा से योगी लोग अपने योगाभ्यास के बल से सूर्यमण्डल को भेद करके उस पद को (परमेश्वर के पद को) प्राप्त करते हैं। यह संन्यासयोगी की बात है। जो केवल योगी होते हैं, वे विशुद्ध दूसरे द्वार को (सुषुम्ना के द्वार को) कुण्डलिनी के द्वारा भेदकर उस मार्ग से वहाँ अवस्थित कपालसम्पुट में (सहस्रार चक्र में) प्रवेश करके वहाँ सूर्य-चन्द्र-अग्नि से उत्पन्न अमृत को पीकर, तब बाद में उस पद को (तुरीय को अथवा तुरीयातीत को) 'वह मैं ही हूँ'—इस प्रकार देखते हैं। ऐसा करने में अशक्त मनुष्य यदि आलस्य से या प्रमाद से अथवा भेदबुद्धि से भी इस ब्रह्म का ध्यान करे, ऐसा ध्यान करने वाला प्राणी (मुनि) हर रोज तीन काल ऐसा ध्यान करता है तो वह इस पुण्य से महेन्द्र आदि के ऐश्वर्य की पुण्यसम्पत्ति को प्राप्त करता है। यह बात मैंने तुम्हें संक्षेप में कही।

लब्धयोगोऽथ बुध्येत प्रसन्नं परमेश्वरम्।
जन्मान्तरसहस्रेषु यदा क्षीणं तु किल्बिषम् ॥78॥
तदा पश्यति योगेन संसारोच्छेदनं महत्।
अधुना संप्रवक्ष्यामि योगाभ्यासस्य लक्षणम् ॥79॥
मरुज्जयो यस्य सिद्धः सेवयेत् तं गुरुं सदा।
गुरुवक्त्रप्रसादेन कुर्यात् प्राणजयं बुधः ॥80॥

जिस मनुष्य ने (कही जाने वाली विधि के अनुसार—) इस योग की सिद्धि प्राप्त कर ली है, वह प्रसन्न परमेश्वर को जान लेता है। लेकिन वह तो तभी हो सकता है कि जब जन्म-जन्मान्तर के पाप क्षीण हो जाएँ और इस संसार का बिल्कुल विच्छेद ही हो जाए। अस्तु, अब मैं तुम्हें योगाभ्यास का

पहले लक्षण बता रहा हूँ। जिस मनुष्य ने पहले अपने आप प्राण जय कर लिया हो, उसे सर्वप्रथम तो गुरु के पास ही जाना चाहिए और उनकी सेवासंगति करनी चाहिए। तब गुरुमुख की कृपा से ही उपदेश लेकर प्राणजय करना चाहिए।

वितस्तिप्रमितं दैर्घ्यं चतुरङ्गुलविस्तृतम्।
मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टनाम्बरलक्षणम् ॥81॥

एक बेत (बारह अंगुल) लम्बा और चार अंगुल चौड़ा कोमल और सफेद ऐसा वस्त्र लेकर सरस्वती नाड़ी के मस्तक को आवेष्टित करके ब्राह्म मुहूर्त में उठकर एक मुहूर्त के समय तक निर्भयता से उसे चलाना चाहिए। (इस मंत्र में वेष्टन वस्त्र का वर्णन ही है, बाकी का अर्थ अध्याहार है।)

निरुध्य मारुतं गाढं शक्तिचालनयुक्तितः।
अष्टधा कुण्डलीभूतामृज्वीं कुर्यात्तु कुण्डलीम् ॥82॥
पायोराकुञ्चनं कुर्यात् कुण्डलीं चालयेत् तदा।
मृत्युवक्त्रगतस्यापि तस्य मृत्युभयं कुतः ॥83॥
एतदेव परं गुह्यं कथितं तु मया तव।
वज्रासनगतो नित्यमूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत् ॥84॥

उस सरस्वती नाड़ी के चालन के बाद, शक्ति के चालन की युक्ति से वायु का गाढ निरोध करके आठ गोल घुमाव (ऐंठन) करके अवस्थित उस कुण्डलिनी को सीधा करना चाहिए। और फिर गुदा का संकोच करके उस कुण्डली का चालन करना चाहिए अर्थात् उसे हिलाना चाहिए। ऐसा करने वाले साधक को मौत के मुँह में जाकर भी भला भय कहाँ से हो सकता है ? अर्थात् नहीं हो सकता। हे ब्रह्माजी ! यही परम गोपनीय बात मैंने आपको बताई है। ऐसे आकुंचन के बाद वज्रासन में स्थित होकर साधक को इसका प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए।

वायुना ज्वलितो वह्निः कुण्डलीमनिशं दहेत्।
सन्तप्ता साग्निना जीवा शक्तिस्त्रैलोक्यमोहिनी ॥85॥
प्रविशेच्चन्द्रदण्डे तु सुषुम्नावदनान्तरे।
वायुना वह्निना सार्धं ब्रह्मग्रन्थिं भिनत्ति सा ॥86॥
विष्णुग्रन्थिं ततो भित्त्वा रुद्रग्रन्थौ च तिष्ठति।
ततस्तु कुम्भकैर्गाढं पूरयित्वा पुनः पुनः ॥87॥

फिर उस आकुंचन से उत्पन्न वायु से अग्नि प्रज्वलित होता है। जो हमेशा ही कुण्डलिनी को जलाता (तपाता) रहता है। तब उस अग्नि से जीव संतप्त हो उठते हैं। इसके बाद वह नाड़ी चन्द्रदण्ड में प्रवेश करती है। और वह (ताप की शान्ति के लिए चन्द्र जैसे शीतल) सुषुम्ना के मुख तक जाती है। वहाँ जाकर वह प्राणवायु के साथ वह्नि से ब्रह्मग्रन्थि का भेदन करती है। (यह ब्रह्मग्रन्थि मूलाधार के प्रवेश मार्ग में कपाटरूप = अवरोधरूप है) और इसके बाद (अनाहत के कपाटरूप) विष्णुग्रन्थि को भी भेदकर आज्ञा कपाट में रुद्रग्रन्थि में रहती है। इसके बाद इस रुद्रग्रन्थि के भेदन के लिए गाँठरूप से वायु को बार-बार भीतर खींचकर कुंभकों का अभ्यास करना चाहिए।

अथाभ्यसेत् सूर्यभेदमुज्जायीं चापि शीतलीम्।
भस्त्रां च सहितो नाम स्याच्चतुष्टयकुम्भकः ॥88॥

बन्धत्रयेण संयुक्तः केवलप्राप्तिकारकः।
अथास्य लक्षणं सम्यक् कथयामि समासतः ॥89॥

अब उन कुम्भकों का भेद बताते हुए प्रथम कुंभकचतुष्टय के बारे में बताते हैं कि कुंभक के चार भेद होते हैं—सूर्य, उज्जायी, शीतला और भास्त्रिक। उन चारों कुम्भकों का अभ्यास करना चाहिए। ऐसा अभ्यास करने वाला साधक तीनों बन्धों से (मूलबन्ध आदि बन्ध जो पहले कहे जा चुके हैं) युक्त होना चाहिए। ऐसा होने पर ही वह परमपद की प्राप्ति कराने वाला होता है। अब मैं कुम्भक के इन चारों भेदों के लक्षण संक्षेप में और स्पष्टता से बताता हूँ।

एकाकिना समुपगम्य विविक्तदेशं
प्राणादिरूपममृतं परमार्थतत्त्वम्।
लघ्वाशिना धृतिमता परिभावितव्यं
संसाररोगहरमौषधमद्वितीयम् ॥90॥

(उससे पहले यह सर्वसामान्य लक्षण सुन लो कि—) अकेले ही किसी एकान्त प्रदेश में जाकर मिताहारी तथा धैर्यशील साधक को उस संसाररूपी रोगों को दूर करने वाले औषध के समान प्राणादिरूप अद्वितीय परमार्थ तत्त्व की भावना करनी चाहिए।

सूर्यनाड्या समाकृष्य वायुमभ्यासयोगिना।
विधिवत् कुम्भकं कृत्वा रेचयेच्छीतरश्मिना ॥91॥
उदरे बहुरोगघ्नं क्रिमिदोषं निहन्ति च।
मुहुर्मुहुरिदं कार्यं सूर्यभेदमुदाहृतम् ॥92॥

सर्वयोगों के सर्वसामान्य लक्षण को सुनकर अब सूर्यकुम्भक का लक्षण सुनो। उस अभ्यासयोगी को चाहिए कि वह पहले सूर्यनाड़ी के द्वारा वायु को खींचे। (पूरक करे।) बाद में विधिपुर (सर कुंभक) करके चन्द्रनाड़ी से उसका रेचन करे। ऐसा यह सूर्यकुम्भक पेट के बहुत से रोगों को दूर करने वाला होता है। यह कृमि के दोष (रोग) को भी दूर कर देता है। इस कुम्भक को बार-बार करते ही रहना चाहिए। इस प्रकार के कुंभक को सूर्यकुंभक कहा जाता है।

नाडीभ्यां वायुमाकृष्य कुण्डल्याः पार्श्वयोः क्षिपेत्।
धारयेदुदरे पश्चाद्रेचयेदिडया सुधीः ॥93॥
कण्ठे कफादिदोषघ्नं शरीराग्निविवर्धनम्।
नाडीजलापहं धातुगतदोषविनाशनम् ॥94॥

अब उज्जयीकुंभक का लक्षण इस प्रकार है—दोनों सूर्य-चन्द्र नाड़ियों से वायु को भीतर खींचकर कुण्डलिनी के दोनों पार्श्वों में उसको फेंकना चाहिए। और बाद में उस वायु को पेट में रखना चाहिए। फिर इडा नाड़ी के द्वारा बुद्धिमान साधक को रेचन करना चाहिए। यह उज्जयीकुंभक कण्ठ में कफ आदि दोषों को दूर करने वाला होता है। यह शरीर में अग्नि (उष्णता) को बढ़ाने वाला होता है तथा नाड़ी जल को तथा धातुगत दोष आदि का निवारण करने वाला होता है।

गच्छतस्तिष्ठतः कार्यमुज्जाय्याख्यं तु कुम्भकम्।
मुखेन वायुं संगृह्य घ्राणरन्ध्रेण रेचयेत् ॥95॥

शीतलीकरणं चेदं हन्ति पित्तं क्षुधां तृषम् ।
स्तनयोरथ भस्त्रेव लोहकारस्य वेगतः ॥96॥
रेचयेत् पूरयेद्वायुमाश्रमं देहगं धिया ।
यथा श्रमो भवेद्देहे तथा सूर्येण पूरयेत् ॥97॥

यह उपर्युक्त उज्जयीकुम्भक उठते-बैठते भी करते रहना चाहिए। अब शीतलीकुंभक का लक्षण यह है कि मुख से वायु को खींचकर नथुने से उसका रेचन करना चाहिए। इसको शीतलीकरण कहा जाता है। यह कुंभक पित्त का, क्षुधा का और तृषा का नाश कर देता है। (अब भस्त्रिकाकुंभक का लक्षण यह है कि—) जैसे लोहार की कोठ में भस्त्र (धमनी) वेग से चलती है उसी प्रकार दोनों स्तनों में देहस्थित वायु का पूरक और रेचन वेगपूर्वक करना चाहिए। ऐसा श्रमपूर्वक करना चाहिए। ऐसा करने में देह में श्रम होगा तब सूर्यनाड़ी से पूरक करना चाहिए। तथा—

कण्ठसंकोचनं कृत्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत् ।
वातपित्तश्लेष्महरं शरीराग्निविवर्धनम् ॥98॥
कुण्डलीबोधकं वक्त्रदोषघ्नं शुभदं सुखम् ।
ब्रह्मनाडीमुखान्तःस्थकफाद्यर्गलनाशनम् ॥99॥
सम्यग्बन्धसमुद्भूतं ग्रन्थित्रयविभेदकम् ।
विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुम्भकं त्विदम् ॥100॥

—कण्ठ का संकोच करके बाद में चन्द्रनाड़ी से रेचन करना चाहिए। यह भस्त्रिका कुंभक वात, पित्त और कफ को दूर करने वाला है, यह शरीर की उष्णता को बढ़ाने वाला है, यह कुण्डलिनी को जगाने वाला है, मुख के दुर्गन्धादि दोषों को दूर करने वाला है, कल्याणकारी और सुखकारी है। वह ब्रह्मनाड़ी के मुख के आगे इकट्ठे हुए कफ आदि अवरोधों को नाश करने वाला है। सम्यग्बन्ध से उत्पन्न हुए इस भस्त्रिकाकुंभक से तीनों ग्रन्थियों का (ब्रह्मग्रन्थि, विष्णुग्रन्थि और रुद्रग्रन्थि का) भी भेदन हो जाता है। यह भस्त्रकुंभक विशेष ध्यान देकर करना चाहिए।

बन्धत्रयमथेदानीं प्रवक्ष्यामि यथाक्रमम् ।
नित्यं कृतेन तेनासौ वायोर्जयमवाप्नुयात् ॥101॥
चतुर्णामपि भेदानां कुम्भके समुपस्थिते ।
बन्धत्रयमिदं कार्यं वक्ष्यमाणं मया हि तत् ॥102॥
प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीयोड्डीयणाभिधः ।
जालंधरस्तृतीयस्तु लक्षणं कथयाम्यहम् ॥103॥

(अब उन चार कुंभकों के अंगरूप में जो तीन बन्ध हैं, उनके बारे में कहते हैं—) मैं उन तीन बन्धों के लक्षण क्रमशः कहता हूँ—इन बन्धों के सदैव करते रहने से साधक प्राण पर विजय पा लेता है। कुंभक के उपर्युक्त चारों भेदों को करते समय यह बन्धत्रय (तीन बन्ध) करने चाहिए। मैं अभी उनके विषय में कह रहा हूँ। तीन बन्धों में पहले को 'मूलबन्ध' कहते हैं, दूसरे बन्ध को 'उड्डीयाणबन्ध' कहते हैं, और तीसरे बन्ध को 'जालन्धरबन्ध' कहते हैं। अब मैं उनके लक्षण कह रहा हूँ—

गुदं पार्ष्ण्या तु संपीड्य पायुमाकुञ्चयेद् बलात् ।
वारं वारं यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥104॥

प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम् ।
गत्वा योगस्य संसिद्धिं यच्छतो नात्र संशयः ॥105॥

लिंगस्थान और गुदा के रन्ध्र को एड़ी के द्वारा दबाकर हठपूर्वक वायु को रोकना चाहिए। जिस प्रकार वह वायु ऊपर ही ऊपर आता हो, ऐसा करना चाहिए (ऐसी भावना करनी चाहिए)। प्राण और अपान—दोनों तथा 'नाद-बिन्दू' अर्थात् बुद्धि और मन मूलबन्ध के साथ एकता को प्राप्त कर लें, तब वे योगसिद्धि को प्राप्त करते हैं, इसमें किसी भी प्रकार का सन्देह नहीं करना चाहिए।

कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियाणकः ।
बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ॥106॥
तस्मादुड्डीयणाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ।
उड्डियाणं तु सहजं गुरुणा कथितं सदा ॥107॥
अभ्यसेत् तदतन्द्रस्तु वृद्धोऽपि तरुणो भवेत् ।
नाभेरूर्ध्वमधश्चापि ताणं कुर्यात् प्रयत्नतः ॥108॥

कुंभक के अन्त में और रेचक के प्रारंभ में यह उड्डीयाणबन्ध करना चाहिए। इस बन्ध में सुषुम्णा में प्राण उड्डयन करता है, इसलिए उसे 'उड्डीयाण' ऐसा योगियों के द्वारा नाम दिया गया है। इस उड्डीयाणबन्ध को तो गुरु ने सहज रूप से कह दिया है। साधक को अतन्द्रित रहकर इस बन्ध का अभ्यास करना चाहिए। इसके अभ्यास से वृद्ध व्यक्ति भी युवा हो जाता है। इसमें नाभि को ऊपर के भाग में और नीचे के भाग में बलपूर्वक खींचना चाहिए।

षण्मासमभ्यसेन्मृत्युं जयत्येव न संशयः ।
पूरकान्ते तु कर्तव्यो बन्धो जालंधराभिधः ॥109॥
कण्ठसंकोचरूपोऽसौ वायुमार्गनिरोधकः ।
कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेद् दृढमिच्छया ॥110॥
बन्धो जालंधराख्योऽयममृताप्यायकारकः ।
अधस्तात् कुञ्चनेनाशु कण्ठसंकोचने कृते ॥111॥

इस उड्डीयाणबन्ध को जो छः मास तक करेगा, वह मृत्यु को जीत लेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। अब पूरक के अन्त में करने लायक बन्ध को 'जालन्धरबन्ध' कहते हैं। यह कंठ का संकोचन करके किया जाता है और वायुमार्ग का निरोध किया जाता है। यह जालन्धरबन्ध अमृत को भर देने वाला है। वह कण्ठ का आकुंचन करके ठोडी को कण्ठकूप में दृढ़तापूर्वक लगाने से होता है।

मध्ये पश्चिमताणेन स्यात् प्राणो ब्रह्मनाडिगः ।
वज्रासनस्थितो योगी चालयित्वा तु कुण्डलीम् ॥112॥
कुर्यादनन्तरं भस्त्रीं कुण्डलीमाशु बोधयेत् ।
भिद्यन्ते ग्रन्थयो वंशे तप्तलोहशलाकया ॥113॥
तथैव पृष्ठवंशे स्याद् ग्रन्थिभेदस्तु वायुना ।
पिपीलिकायां लग्नायां कण्डूस्तत्र प्रवर्तते ॥114॥

मध्य में पश्चिम की ओर खींचने से वह वायु ब्रह्मनाड़ी में जाता है। अब तीन बन्धों से प्रयुक्त उस योगी को वज्रासन में बैठकर कुण्डली को घुमाकर बाद में उसे जगाना चाहिए। इससे तपे हुए लोहे

की सलाई से जैसे बाँस की ग्रन्थियाँ भेदी जाती हैं, वैसे ही वायु से पृष्ठवंश की ग्रन्थियाँ टूट जाती हैं। और तब जैसे चींटी ने डंक मारा हो इस तरह की खुजली होने लगती है।

सुषुम्नायां तथाभ्यासात् सततं वायुना भवेत्।
रुद्रग्रन्थिं ततो भित्त्वा ततो याति शिवात्मकम् ॥115॥
चन्द्रसूर्यौ समौ कृत्वा तयोर्योगः प्रवर्तते।
गुणत्रयमतीतं स्याद् ग्रन्थित्रयविभेदनात् ॥116॥
शिवशक्तिसमायोगे जायते परमा स्थितिः।
यथा करी करेणैव पानीयं प्रपिबेत् सदा ॥117॥

इस प्रकार सुषुम्ना में अभ्यास करते-करते प्राणवायु से रुद्रग्रन्थि को भेदकर शिवात्मकत्व को प्राप्त करता है। इस प्रकार तीन ग्रन्थियों के भेदन से त्रिगुणों से अतीत हुआ जा सकता है। इसमें सूर्यचन्द्र समान होकर उनका मिलन हो जाता है। तात्पर्य यह है कि यहाँ ब्रह्मरन्ध्रगत तुरीय ही शिव है, शक्ति कुण्डलिनी है। उन दोनों के योग से ही परमस्थिति सहज निर्विकल्पावस्था होती है। शिव-शक्ति के योग से परम स्थिति उत्पन्न होती है। अब सुषुम्ना से प्राणोदक पीने की जो बात है, उसका दृष्टान्त दिया जाता है कि जैसे हाथी अंपनी सूँड़ से ही पानी पीता है वैसे ही—

सुषुम्नावज्रनालेन पवमानं ग्रसेत् तथा।
वज्रदण्डसमुद्भूता मणयश्चैकविंशतिः ॥118॥
सुषुम्नायां स्थिताः सर्वे सूत्रे मणिगणा इव।
मोक्षमार्गे प्रतिष्ठानात्सुषुम्ना विश्वरूपिणी ॥119॥
यथैव निश्चितः कालश्चन्द्रसूर्यनिबन्धनात्।
आपूर्य कुम्भितो वायुर्बहिर्नो याति साधके ॥120॥
पुनःपुनस्तद्वदेव पश्चिमद्वारलक्षणम्।
पूरितस्तु स तद्द्वारैरीषत्कुम्भकतां गतः ॥121॥
प्रविशेत् सर्वगात्रेषु वायुः पश्चिममार्गतः।
रेचितः क्षीणतां याति पूरितः पोषयेत् ततः ॥122॥

—सुषुम्नारूपी वज्रनाल से सुषुम्ना प्राणरूपी पानी को पीती है। सुषुम्नाश्रित वज्रदण्ड (वीणादण्ड) में इक्कीस मणि (चने जैसे मांसपिण्ड) हैं। वे सूत्र में मणियों के समूह की भाँति सुषुम्ना में अवस्थित हैं। इन मणियों का मोक्षमार्ग में प्रतिष्ठान होने से (मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्ध्र तक प्रतिष्ठित होने से) यह सुषुम्ना विश्वरूपिणी हो जाती है। सूर्य और चन्द्र के निबन्धन से (परिमाण से) जैसे काल का निश्चय (निर्णय) किया जाता है, यह काल सुषुम्ना में विलीन हो जाता है। (सुषुम्ना काल को खा जाती है, क्योंकि) साधक इस सुषुम्ना में वायु को भरता है (पूरक करता है) और वह जब सुषुम्ना में कुंभित हो जाता है, फिर वह वायु बाहर निकलता ही नहीं (कि जिससे श्वासोच्छ्वास के द्वारा कालगणना हो सके)। (यदि प्रमाद से वह कुंभित वायु बाहर निकल भी जाए तो) फिर-फिर से उसी प्रकार सुषुम्ना से प्राण को भरकर (पूरक करके) फिर कुंभक करना चाहिए। इसे 'पश्चिमद्वारलक्षण' कहा गया है। इस प्रकार फिर से पूरित वायु (पश्चिमद्वार से पूरितवायु) प्रारंभ में ईषत्कुंभकता (थोड़ी कुंभकता) को प्राप्त होता है। बाद में वह प्राणवायु पश्चिममार्ग से सभी गात्रों में प्रविष्ट हो जाता है। और यदि काल-कर्म

के संयोग से सुषुम्ना के द्वारा रेचित वायु क्षीणता को प्राप्त करे, तो वह पूरित वायु शरीर का पोषण करता है।

यत्रैव जातं सकलेवरं मनस्तत्रैव लीनं कुरुते स योगात्।
स एव मुक्तो निरहंकृतिः सुखी मूढा न जानन्ति हि पिण्डपातिनः ॥123॥
चित्तं विनष्टं यदि भासितं स्यात् तत्र प्रतीतो मरुतोऽपि नाशः।
न चेद्यदि स्यान्न तु तस्य शास्त्रं नात्मप्रतीतिर्न गुरुर्न मोक्षः ॥124॥
जम्बुको रुधिरं यद्वद्बलादाकृष्यति स्वयम्।
ब्रह्मनाडी तथा धातून् सन्ताभ्यासयोगतः ॥125॥
अनेनाभ्यासयोगेन नित्यमासनबन्धतः।
चित्तं विलीनतामेति बिन्दुर्नो यात्यधस्तथा ॥126॥

वह योगी का मन जहाँ से (अधिष्ठानरूप ब्रह्म से) इस शरीर के साथ जन्मा है, उसे वहीं (ब्रह्म में ही) अपने योग के द्वारा लीन कर देता है। वही मुक्त है, वही निरहंकारी है, वही सुखी है। यह बात जो नहीं जानते, वे तो मूढ़ ही हैं और शरीरों में (स्थूल-सूक्ष्म-कारणरूपों में) हो पड़े हुए हैं। जब चित्त अपने अधिष्ठान में लीन हो जाता है, तब प्रतीत होते हुए प्राणवायु का भी विलय हो जाता है। ऐसा यदि नहीं हुआ तो उसके लिए शास्त्र भी व्यर्थ हैं, गुरु भी व्यर्थ है, मोक्ष भी व्यर्थ है। उसको अपने आत्मा की सही प्रतीति नहीं हो सकती। (ऐसे मूढ़ को प्रबोधित करने के लिए आगे कहते हैं कि—) जिस प्रकार सियार बलपूर्वक खींचकर लहू को ले लेता है, उसी तरह सुषुम्ना नाड़ी शरीर के धातुओं को बलपूर्वक खींचकर खा जाती है (बाद में इसीलिए ब्रह्मज्ञान होता है)। सतत अभ्यास से वह ब्रह्मनाड़ी बाहर के पदार्थों अर्थात् उनके प्रबोधक धातुओं को ग्रास कर ही लेती है। आसनबन्ध के साथ इस प्रकार के योग के नित्य अभ्यास से चित्त विलीन हो जाता है और बिन्दु का अधःपात भी नहीं होता।

रेचकं पूरकं मुक्त्वा वायुना स्थीयते स्थिरम्।
नाना नादाः प्रवर्तन्ते संस्रवेच्चन्द्रमण्डलम् ॥127॥
नश्यन्ति क्षुत्पिपासाद्याः सर्वदोषास्ततस्तदा।
स्वरूपे सच्चिदानन्दे स्थितिमाप्नोति केवलम् ॥128॥

जब रेचक और पूरक—दोनों को छोड़कर वायु कुंभक में ही स्थिर हो जाता है, तब तरह-तरह के नाद उत्पन्न होने लगते हैं, एवं चन्द्रमण्डल से स्राव होने लगता है। तब भूख और प्यास नष्ट हो जाती हैं, सभी दोष नष्ट हो जाते हैं। वह योगी तब केवल अपने स्वरूप में ही (सच्चिदानन्दस्वरूप आत्मतत्त्व में ही) अपनी स्थिति को पा लेता है।

कथितं तु तव प्रीत्या ह्येतदभ्यासलक्षणम्।
मन्त्रो लयो हठो राजयोगान्तोऽर्भूमिकाः क्रमात् ॥129॥
एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोऽभिधीयते।
हकारेण बहिर्याति सकारेण विशेत्पुनः ॥130॥

हंसहंसेति मन्त्रोऽयं सर्वैर्जीवैश्च जप्यते ।
गुरुवाक्यात् सुषुम्नायं विपरीतो भवेज्जपः ॥131॥
सोऽहं सोऽहमिति यः स्यान्मन्त्रयोगः स उच्यते ।
प्रतीतिमन्त्रयोगाच्च जायते पश्चिमे पथि ॥132॥
हकारेण तु सूर्यः स्यात् सकारेणेन्दुरुच्यते ।
सूर्याचन्द्रमसोरैक्यं हठ इत्यभिधीयते ॥133॥

इस प्रकार मैंने तुम्हें प्रेम से इस अभ्यास का लक्षण सुनाया। अब मैं तुम्हें महायोग सुना रहा हूँ कि यह महायोग वास्तव में तो एक ही है, परन्तु इसकी भूमिकाएँ क्रमशः मंत्रयोग, लययोग, हठयोग और राजयोग—ऐसी हैं। (इनमें पहला मंत्रयोग बताते हैं कि—) पहले हकार से श्वास बाहर जाता है और सकार से वह फिर से भीतर आता है। इस तरह सभी जीवों के द्वारा, 'हंस हंस'—इस प्रकार का मंत्र तो जपा ही जा रहा होता है। फिर यदि गुरु के वाक्य द्वारा सुषुम्ना में 'सोऽहं' 'सोऽहं'—ऐसा विपरीत क्रम से जब यह जप होता है, तब उसे 'मंत्रयोग' कहा जाता है। (अब पूर्वोक्त योगभूमिका में दूसरे लययोग को बाद में रखकर पहले हठयोग बताते हैं—) उपर्युक्त प्रतीति-युक्त मंत्र के योग से पश्चिम मार्ग में हकार से सूर्य लिया जाता है, और सकार से चन्द्र लिया जाता है। उन सूर्य और चन्द्र का ऐक्य (एकीभूतता) ही हठ कहा जाता है। (ऐक्ययोग ही हठयोग है।)

हठेन गृह्यते जाड्यं सर्वदोषसमुद्भवम् ।
क्षेत्रज्ञः परमात्मा च तयोरैक्यं यदा भवेत् ॥134॥
तदैक्ये साधिते ब्रह्मंश्चित्तं याति विलीनताम् ।
पवनः स्थैर्यमायाति लययोगोदये सति ॥135॥
लयात् सम्प्राप्यते सौख्यं स्वात्मानन्दं परं पदम् ।
योनिमध्ये महाक्षेत्रे जपाबन्धूकसन्निभम् ॥136॥
रजो वसति जन्तूनां देवीतत्त्वं समावृत्तम् ।
रजसो रेतसो योगाद्राजयोग इति स्मृतः ॥137॥

परन्तु हठयोग से जड़ता आ जाती है और उससे सभी दोष उत्पन्न हो जाते हैं। वास्तव में तो नाड़ियों के ऐक्य के बदले क्षेत्रज्ञ (जीव) और परमात्मा का ऐक्य ही जब हो, तब चित्त का विलय हो जाता है। जब ऐसे 'लययोग' का उदय होता है, तब प्राणवायु स्थिर हो जाता है। इस लययोग से अपनी आत्मा में परमानन्द की प्राप्ति का परमसुख प्राप्त किया जाता है। (अब राजयोग का लक्षण कहा जाता है—) महाक्षेत्ररूप योनि में जपाकुसुम जैसी कान्तिवाला देवी का तत्त्वरूप (शक्तिस्वरूप) 'रजस्' विद्यमान होता है। उसके साथ (रजस् के साथ) जब रेतस् (वीर्य) का योग (जो शिश्न स्थान में रहता है) होता है तब उसे 'राजयोग' कहा जाता है। (अर्थात् शिवशक्तियोग से राजयोग होता है।)

अणिमादिपदं प्राप्य राजते राजयोगतः ।
प्राणापानसमायोगो ज्ञेयं योगचतुष्टयम् ॥138॥
संक्षेपात् कथितं ब्रह्मन् नान्यथा शिवभाषितम् ।
क्रमेण प्राप्यते प्राप्यमभ्यासादेव नान्यथा ॥139॥
एकेनैव शरीरेण योगाभ्यासाच्छनैः शनैः ।
चिरात् सम्प्राप्यते मुक्तिर्मर्कटक्रम एव सः ॥140॥

इस राजयोग से अणिमादि सिद्धियों को प्राप्त करके योगी शोभायमान हो जाता है। मंत्रादि चार योगों का एक समान तत्त्व तो प्राण और अपान का योग कर देना ही है। (एक ही बात में चारों का पर्यवसान हो जाता है) हे ब्रह्मन्! यह मैंने तुम्हें सब संक्षेप में बता दिया। शिव का कथन कभी अन्यथा (विपरीत = असत्य) नहीं हो सकता परन्तु इसकी सिद्धि तो अभ्यास करते रहने से ही धीरे-धीरे प्राप्त की जा सकती है, नहीं तो यह योग सिद्धिदायक नहीं हो सकता। योग के अभ्यास से इस एक ही शरीर के द्वारा धीरे-धीरे लम्बे समय के बाद ही सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। यहाँ जल्दबाजी नहीं चलती। यह बन्दरों को वश करने जैसा है।

योगसिद्धिं विना देहः प्रमादाद्यदि नश्यति ।
पूर्ववासनया युक्तः शरीरं चान्यदाप्नुयात् ॥141॥
ततः पुण्यवशात् सिद्धो गुरुणा सह सङ्गतः ।
पश्चिमद्वारमार्गेण जायते त्वरितं फलम् ॥142॥
पूर्वजन्मकृताभ्यासात् सत्वरं फलमश्नुते ।
एतदेव हि विज्ञेयं तत् काकमतमुच्यते ॥143॥
नास्ति काकमतादन्यदभ्यासाख्यमतः परम् ।
तेनैव प्राप्यते मुक्तिर्नान्यथा शिवभाषितम् ॥144॥

इस योगी की योगफल को प्राप्त करने से पहले ही यदि प्रमाद से देह नष्ट हो जाए तो यह योगी पूर्व की वासना से युक्त होने से दूसरे शरीर को प्राप्त करता है और वहाँ पुण्यों के फलस्वरूप गुरु की संगति प्राप्त करके पश्चिम द्वार के मार्ग से सिद्ध होता है और योग का (पूर्वकृत योग का) यहाँ नए शरीर में त्वरित फल पा लेता है। पूर्वजन्म में कृत अभ्यास का फल ऐसा ही है—यह महेश्वर का मत है। (काक = महेश्वर) इस काकमत से (महेश्वर के मत से) दूसरा कोई अभ्यास नाम का उत्तम फल नहीं है और उसी से मुक्ति मिल सकती है। शिव का कथन अन्यथा (असत्य) हो ही नहीं सकता।

हठयोगक्रमात् काष्ठा सह जीवलयादिकम् ।
नाकृतं मोक्षमार्गं स्यात् प्रसिद्धं पश्चिमं विना ॥145॥
आदौ रोगाः प्रणश्यन्ति पश्चाज्जाड्यं शरीरजम् ।
ततः समरसो भूत्वा चन्द्रो वर्षत्यनारतम् ॥146॥
धातूंश्च संग्रहेद्वह्निः पवनेन समं ततः ।
नाना नादाः प्रवर्तन्ते मार्दवं स्यात् कलेवरम् ॥147॥

हठयोग के अनुष्ठान से सिद्ध पश्चिमद्वार का महापथ जो मोक्षमार्ग होता है, उसके बिना तो योगी के सामने कोई विकल्प ही नहीं होता। (अर्थात् उस महापथ मोक्षमार्ग के लिए तो हठयोग आवश्यक है ही) पहले (इस योग की अभ्यास दशा में ही) सभी रोग नष्ट हो जाते हैं, बाद में शरीर में उत्पन्न हुआ आलस्यादि जाड्य (जड़ता) का नाश हो जाता है। इसके बाद चन्द्र निरन्तर अमृत-धाराएँ बरसाता रहता है। इसके बाद मूलाधारस्थ अग्नि प्राणवायु के साथ होकर धातुओं का संग्रह करता है (अर्थात् बलवृद्धि और वीर्यस्तंभन करता है। तब तरह-तरह के नाद उठने लगते हैं और शरीर बालक की तरह कोमल हो जाता है।

जित्वा वृष्ट्यादिकं जाड्यं खेचरः स भवेन्नरः ।
सर्वज्ञोऽसौ भवेत् कामरूपः पवनवेगवान् ॥148॥

क्रीडते त्रिषु लोकेषु जायन्ते सिद्धयोऽखिलाः ।
कर्पूरे लीयमाने किं काठिन्यं तत्र विद्यते ॥149॥
अहंकारक्षये तद्वदेहे कठिनता कुतः ।
सर्वकर्ता च योगीन्द्रः स्वतन्त्रोऽनन्तरूपवान् ॥150॥

तदनन्तर जैसे बादल जड़ता को छोड़कर इच्छा रूपधारी बन जाता है, वैसे वह योगी जड़ता को छोड़कर आकाशविहारी बन जाता है, सर्वज्ञ बन जाता है, इच्छानुसार रूप धारण करने वाला बन जाता है, पवन जैसे वेग वाला बन जाता है, वह तीनों लोकों में यथेष्ट लीला करता है, वह सभी सिद्धियों से युक्त हो जाता है। उसका अहंकार क्षीण हो जाता है, अतः उसमें कठिनता कैसे रह सकती है ? कर्पूर का जब लय हो जाता है, तब उसमें कठिनता रह सकती है क्या ? (अर्थात्, नहीं रह सकती) तब वह योगीन्द्र (सिद्धयोगी) सर्वकर्ता होता है, स्वतंत्र होता है और अनन्त रूपों को धारण करने वाला हो जाता है।

जीवन्मुक्तो महायोगी जायते नात्र संशयः ।
द्विविधाः सिद्धयो लोके कल्पिताकल्पितास्तथा ॥151॥
रसौषधिक्रियाजालमन्त्राभ्यासादिसाधनात् ।
सिध्यन्ति सिद्धयो यास्तु कल्पितास्ताः प्रकीर्तिताः ॥152॥
अनित्या अल्पवीर्यास्ताः सिद्धयः साधनोद्भवाः ।
साधनेन विनाप्येवं जायन्ते स्वत एव हि ॥153॥

ऐसा महायोगी तब जीवन्मुक्त हो जाता है, इसमें किसी प्रकार सन्देह नहीं है। इस लोक में दो प्रकार की सिद्धियाँ होती हैं—एक कल्पित तथा दूसरी अकल्पित। इनमें जो सिद्धियाँ रस, औषधि, क्रियाकाण्ड, मंत्रजप या अभ्यास से प्राप्त की जा सकती हैं, वे कल्पित नाम से कही गई हैं। ये सब कल्पित सिद्धियाँ अनित्य, कम शक्तिवाली होती हैं क्योंकि वे किसी न किसी साधन से उत्पन्न की गई होती हैं। परन्तु कुछ सिद्धियाँ ऐसी भी हैं, जो साधन के बिना ही स्वयं उत्पन्न होती हैं।

स्वात्मयोगैकनिष्ठेषु स्वातन्त्र्यादीश्वरप्रियाः ।
प्रभूताः सिद्धयो यास्ताः कल्पनारहिताः स्मृताः ॥154॥
सिद्धा नित्या महावीर्या इच्छारूपाः स्वयोगजाः ।
चिरकालात् प्रजायन्ते वासनारहितेषु च ॥155॥
तास्तु गोप्या महायोगात् परमात्मपदेऽव्यये ।
विना कार्यं सदा गुप्तं योगसिद्धस्य लक्षणम् ॥156॥

परन्तु स्वात्मनिष्ठ योगियों में स्वातन्त्र्य से (स्वयं ही) जो ईश्वरप्रिय सिद्धियाँ उत्पन्न होती हैं, वे अकल्पनीय और कारणरहित होती हैं। ऐसी सिद्धियाँ नित्य हैं और बहुत बलवती होती हैं और इच्छा के अनुरूप उपयोग की जाने वाली होती हैं। ये सिद्धियाँ योग से जन्म लेती हैं। और वे लम्बे समय के बाद ही उत्पन्न होती हैं और वासना से रहित साधकों (सिद्धों) में ही उत्पन्न होती हैं। ऐसे अव्यय परमात्मपद में स्थित सिद्ध योगी को चाहिए कि वह इन सिद्धियों को गोपनीय ही रखे। कारण के बिना उन सिद्धियों का वह उपयोग न करे। यही योगसिद्ध पुरुष का लक्षण है।

यथाकाशं समुद्दिश्य गच्छद्भिः पथिकैः पथि ।
नाना तीर्थानि दृश्यन्ते नाना मार्गास्तु सिद्धयः ॥157॥

स्वयमेव प्रजायन्ते लाभालाभविवर्जिते ।
योगमार्गे तथैवेदं सिद्धिजालं प्रवर्तते ॥158॥
परीक्षकैः स्वर्णकारैर्हेम संप्रोच्यते यथा ।
सिद्धिभिर्लक्षयेत् सिद्धं जीवन्मुक्तं तथैव च ॥159॥
अलौकिकगुणस्तस्य कदाचिद् दृश्यते ध्रुवम् ।
सिद्धिभिः परिहीनं तु नरं बद्धं तु लक्षयेत् ॥160॥

जिस तरह आकाश को लक्ष्य करके चलने वाले पथिकों को मार्ग में भाँति-भाँति के तीर्थस्थान दिखाई पड़ते हैं, उसी प्रकार योगी को ये सिद्धियाँ विविध मार्ग वाली यदृच्छया दिखाई देती हैं। लाभ-अलाभ से रहित इस योगमार्ग में स्वयमेव यह सिद्धियों का समूह उत्पन्न होता है। जिस प्रकार परीक्षक सुनारों के द्वारा सोने की कसौटी करके उसे खरा प्रमाणित किया जाता है, वैसे ही किसी भी सिद्ध पुरुष की कसौटी सिद्धियों के द्वारा ही की जानी चाहिए। जीवन्मुक्त की भी वैसे ही कसौटी करनी चाहिए। यदि वह सिद्ध और जीवन्मुक्त है तो कभी न कभी तो उसमें अलौकिक गुण अवश्य ही दिखाई पड़ेगा। जो ऐसी सिद्धियों से रहित है, उसे तो बद्ध ही समझ लेना चाहिए।

अजरामरपिण्डो यो जीवन्मुक्तः स एव हि ।
पशुकुक्कुटकीटाद्या मृतिं सम्प्राप्नुवन्ति वै ॥161॥
तेषां किं पिण्डपातेन मुक्तिर्भवति पद्मज ।
न बहिः प्राण आयाति पिण्डस्य पतनं कुतः ॥162॥
पिण्डपातेन या मुक्तिः सा मुक्तिर्न तु हन्यते ।
देहे ब्रह्मत्वमायाते जलानां सैन्धवं यथा ॥163॥

उस जीवन्मुक्त का शरीर तो अजर और अमर (जरावस्था और मरण से रहित) होता है। (जन्म और) मरण तो पशुओं, कुक्कुटों और कीड़ों आदि का होता है। हे ब्रह्माजी ! उन जीवन्मुक्तों की क्या शरीर के पतन से ही मुक्ति होती है ? जब उनके प्राण शरीर से बाहर निकलते ही नहीं, तब शरीर का मरण ही कैसे हो सकता है ? जब पानी में नमक डालने से वह पानीमय ही हो जाता है, इसी तरह योगी का पूरा देह ही ब्रह्मत्व को प्राप्त हो जाता है। तब पिण्डदान करने से तो उसके द्वारा प्राप्त मुक्ति का ही घात नहीं हो जाता क्या ? (अर्थात् हो ही जाता है)।

अनन्यतां यदा याति तदा मुक्तः स उच्यते ।
विमतानि शरीराणि इन्द्रियाणि तथैव च ॥164॥
ब्रह्म देहत्वमापन्नं वारि बुद्बुदतामिव ।
दशद्वारपुरं देहं दशनाडीमहापथम् ॥165॥

इस तरह वह योगी (जीवन्मुक्त) जब अनन्यता को प्राप्त हो जाता है, तब वह मुक्त ही कहा जाता है। अन्यों की दृष्टि से विमत (हैं या नहीं) ऐसी जो इन्द्रियाँ हैं और तरह-तरह के जो शरीर है, वह तो देहत्व को प्राप्त ब्रह्म हैं, जैसे पानी बुदबुदों को प्राप्त करता रहता है। इस देह को दस द्वारों वाला नगर कहा गया है। इस नगर में दस नाड़ियों के रूप में दस बड़े मार्ग भी हैं। और—

दशभिर्वायुभिर्व्याप्तं दशेन्द्रियपरिच्छदम् ।
षडाधारापवरकं षडन्वयमहावनम् ॥166॥

चतुःपीठसमाकीर्णं चतुराम्नायदीपकम् ।
बिन्दुनादमहालिङ्गं शिवशक्तिनिकेतनम् ॥167॥

—ऐसा यह देह दस वायुओं से घिरा हुआ है। इसमें दश इन्द्रियों का ढक्कन है, छः आधाररूप चक्रों के पर्दों वाला और षडन्वयरूप (पाँच महाभूत और मन) से सम्बद्ध है। इसमें चार पीठ हैं और चार वेदोंरूपी दीपक प्रकाशित हैं और इसी शरीर में बिन्दु (मन), नाद (बुद्धि) और उसकी (बुद्धि की) हजारों वृत्तियों के भावों और अभावों का प्रकाशक महालिंग (प्रत्यक् चैतन्य) भी इस शरीर में है। और यही शरीर शिव-शक्ति का निवासस्थान भी है। (यहाँ सामान्य शरीर पिण्ड और सिद्ध का अपिण्ड—दोनों का शिवालयत्व कहा गया है।)

देहं शिवालयं प्रोक्तं सिद्धिदं सर्वदेहिनाम् ।
गुदमेढ्रान्तरालस्थं मूलाधारं त्रिकोणकम् ॥168॥
शिवस्य जीवरूपस्य स्थानं तद्धि प्रचक्षते ।
यत्र कुण्डलिनी नाम परा शक्तिः प्रतिष्ठिता ॥169॥
यस्मादुत्पद्यते वायुर्यस्माद्वह्निः प्रवर्तते ।
यस्मादुत्पद्यते बिन्दुर्यस्मान्नादः प्रवर्तते ॥170॥

इस प्रकार यह देह सभी प्राणियों के लिए सिद्धिदायक कहा गया है। अब जो इस देह को छः चक्रों के आधाररूप पर्दों वाला कहा गया है इसके विषय में कहते हैं कि गुदा और शिश्न के बीच के भाग में जो त्रिकोणाकार चक्र है, वह मूलाधार चक्र कहलाता है। वह जीवरूप बने हुए शिव का स्थान कहा जाता है। वहाँ कुण्डलिनी नाम की पराशक्ति प्रतिष्ठित हुई है। उसमें से वायु (प्राण) उत्पन्न होता है और उसमें से ही अग्नि (तेज) उत्पन्न होता है, उसमें से बिन्दु उत्पन्न होता है और उसमें से ही नाद उत्पन्न होता है।

यस्मादुत्पद्यते हंसो यस्मादुत्पद्यते मनः ।
तदेतत् कामरूपाख्यं पीठं कामफलप्रदम् ॥171॥
स्वाधिष्ठानाह्वयं चक्रं लिङ्गमूले षडस्त्रके ।
नाभिदेशे स्थितं चक्रं दशारं मणिपूरकम् ॥172॥
द्वादशारं महाचक्रं हृदये चाप्यनाहतम् ।
तदेतत् पूर्णगिर्याख्यं पीठं कमलसम्भव ॥173॥
कण्ठकूपे विशुद्ध्याख्यं यच्चक्रं षोडशास्त्रकम् ।
पीठं जालन्धरं नाम तिष्ठत्यत्र सुरेश्वरः ॥174॥

(पहले जो चतुष्पीठ—चार पीठों की बात कही है उसके बारे में कहते हैं कि—) जिसमें 'हंस' उत्पन्न होता है, जिससे मन उत्पन्न होता है, वह इच्छित फल देने वाला 'कामरूप' नाम का जो पीठ है, वहाँ पर, लिंग के मूल में, छः दल वाला 'स्वाधिष्ठान चक्र' स्थित है। इसके बाद नाभि के प्रदेश में दश अरों वाला 'मणिपूरक' नाम का चक्र अवस्थित है। इसके बाद हृदय प्रदेश में बारह अरों वाला जो चक्र है, वह अनाहत चक्र है, वह महीचक्र है और हे कमलोद्भव ब्रह्माजी! उसके स्थान को 'पूर्णगिरि' नामक पीठ कहा जाता है। कण्ठकूप में (कण्ठ के स्थान में) जो चक्र है, उसे 'विशुद्धचक्र' नाम दिया गया है और उस पीठ (स्थान) का नाम 'जालन्धरपीठ' है, वहाँ सुरेश्वर (इन्द्र) का निवास है।

आज्ञा नाम भ्रुवोर्मध्ये द्विदलं चक्रमुत्तमम् ।
उड्याणाख्यं महापीठमुपरिष्टात् प्रतिष्ठितम् ॥175॥
चतुरस्त्रं धरण्यादौ ब्रह्मा तत्राधिदेवता ।
अर्धचन्द्राकृतिजलं विष्णुस्तस्याधिदेवता ॥176॥
त्रिकोणमण्डलं वह्नी रुद्रस्तस्याधिदेवता ।
वायोर्बिम्बं तु षट्कोणमीश्वरोऽस्याधिदेवता ॥177॥
आकाशमण्डलं वृत्तं देवतास्य सदाशिवः ।
नादरूपं भ्रुवोर्मध्ये मनसो मण्डलं विदुः ॥178॥

इति प्रथमोऽध्यायः ।

दो भौंहों के बीच एक उत्तम दो दलों वाला 'आज्ञाचक्र' नाम का चक्र स्थित है। उसके पीठ को उड्याण महापीठ कहा जाता है, उस पर वह चक्र प्रतिष्ठित है। धरणि आदि में चार कोने हैं, उसके अधिदेवता ब्रह्मा हैं। जल जो अर्धचन्द्राकृति है, उसके अधिदेवता विष्णु हैं। जो त्रिकोणमण्डल वह्नि है, उसके अधिदेवता रुद्र हैं। जो वायु का षट्कोण बिम्बाकार है, उसके अधिदेवता ईश्वर हैं। जो गोल आकाशमण्डल है, उसके अधिदेवता सदाशिव हैं और जो दोनों भौहों के बीच नादमण्डल है, वह मन का मण्डल है।

यहाँ प्रथम अध्याय पूरा हुआ।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

पुनर्योगस्य माहात्म्यं श्रोतुमिच्छामि शंकर ।
येन विज्ञानमात्रेण खेचरीसमतां व्रजेत् ॥1॥
शृणु ब्रह्मन् प्रवक्ष्यामि गोपनीयं प्रयत्नतः ।
द्वादशाब्दं तु शुश्रूषां यः कुर्यादप्रमादतः ॥2॥
तस्मै वाच्यं यथातथ्यं दान्ताय ब्रह्मचारिणे ।
पाण्डित्यादर्थलोभाद्वा प्रमादाद्यः प्रयच्छति ॥3॥
तेनाधीतं श्रुतं तेन तेन सर्वमनुष्ठितम् ।
मूलमन्त्रं विजानाति यो विद्वान् गुरुदर्शितम् ॥4॥

तब फिर से ब्रह्मा जी ने शिव जी से कहा—"हे शंकर! मैं फिर से योग का माहात्म्य सुनना चाहता हूँ कि जिसके ज्ञानमात्र से मनुष्य सूर्य के समान तेजस्विता को प्राप्त करता है।" तब शिवजी ने कहा—"हे ब्रह्माजी! सुनो! मैं बता रहा हूँ। परन्तु यह अत्यन्त गोपनीय ज्ञान है। जो जिज्ञासु शिष्य बारह साल तक प्रमादरहित होकर गुरु की सेवा-शुश्रूषा करे और दमनशील ब्रह्मचारी रहे उसी को यह ज्ञान देना चाहिए। पाण्डित्य-प्रदर्शन से, प्रमाद से, धन के लोभ से जो यदि किसी अनधिकारी को देता है, तो वह क्षीण ही हो जाता है। परन्तु यदि अधिकारी गुरुमुख से यथाविधि यह ज्ञान प्राप्त करता है तो वह विद्वान् गुरु के द्वारा बताए गए मूलमंत्र को (मर्म को) जान लेता है।

शिवशक्तिमयं मन्त्रं मूलाधारात् समुत्थितम् ।
तस्य मन्त्रस्य वै ब्रह्मन् श्रोता वक्ता च दुर्लभः ॥5॥
एतत् पीठमिति प्रोक्तं नादलिङ्गं मदात्मकम् ।
तस्य विज्ञानमात्रेण जीवन्मुक्तो भवेज्जनः ॥6॥

यह मंत्र शिवशक्तिमय है (यह मंत्र प्रणवमंत्र या नादमंत्र होना चाहिए)। इस मंत्र का वक्ता (मैं स्वयं) और श्रोता भी दुर्लभ है। यह मंत्र मूलाधार से उत्पन्न हुआ है। इस मंत्र के स्वरूप को पीठ कहा गया है। (क्योंकि मंत्रार्थ जो ब्रह्म है, वह तो सबका अधिकरण [पीठ] है।) वह नादलिंग है, वह मदात्मक है (मेरा स्वरूप ही है)। इसको अच्छी तरह से जान लेने से मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है। (प्रणव नादब्रह्म है और ब्रह्म का ही स्वरूप है)।

अणिमादिकमैश्वर्यमचिरादेव जायते ।
मननात् प्राणनाच्चैव मद्रूपस्यावबोधनात् ॥7॥
मन्त्रमित्युच्यते ब्रह्मन् मदधिष्ठानतोऽपि वा ।
मूलत्वात् सर्वमन्त्राणां मूलाधारात् समुद्भवात् ॥8॥

और इस मंत्र के रहस्य को जान लेने से अणिमादि सिद्धियाँ (ऐश्वर्य) थोड़े ही समय में मिल जाते हैं। इस मंत्र के मनन से और जप-साधन से ही मेरा (ब्रह्म का) स्वरूप जाना जा सकता है, इसीलिए इसे 'मंत्र' (मूलमंत्र) कहा गया है। हे ब्रह्माजी! इसे मन्त्र इसलिए भी कहा जाता है कि मेरा यह अधिष्ठान है, अथवा इसका मैं अधिष्ठान हूँ। अथवा यह सभी मंत्रों का मूलमंत्र है। यह मूलाधार से उत्पन्न हुआ है। (ऐसे कई कारणों से इसे 'मंत्र' या 'मूलमंत्र' कहा गया है।)

मूलस्वरूपलिङ्गत्वान्मूलमन्त्र इति स्मृतः ।
सूक्ष्मत्वात् कारणत्वाच्च लयनाद्गमनादपि ॥9॥

इस मंत्र को मूलमंत्र कहने के और भी कारण हैं—यह मूलस्वरूप है और लिङ्गस्वरूप है, यह सूक्ष्म है, सबका कारण है, सबका लय-स्थान है, सबकी गति यहीं से होती है, यही नादलिंग है।

लक्षणात् परमेशस्य लिङ्गमित्यभिधीयते ।
सन्निधानात् समस्तेषु जन्तुष्वपि च सन्ततम् ॥10॥
सूचकत्वाच्च रूपस्य सूत्रमित्यभिधीयते ।
महामाया महालक्ष्मीर्महादेवी सरस्वती ॥11॥
आधारशक्तिरव्यक्ता यया विश्वं प्रवर्तते ।
सूक्ष्माभा बिन्दुरूपेण पीठरूपेण वर्तते ॥12॥

इस महामंत्र प्रणव में परमेश्वर के ही लक्षण दिए जाते हैं इसलिए यह 'लिंग' भी कहा जाता है। और समस्त प्राणियों में भी उसका सतत सान्निध्य होने के कारण और स्वरूप का सूचक होने के कारण इसे 'सूत्र' भी कहते हैं। प्रणव ही सबकी प्रकृति है। उसे ही महामाया, महालक्ष्मी, महादेवी और सरस्वती कहा जाता है। यही अव्यक्त सर्वाधाररूप शक्ति है, इसी से सारे विश्व का प्रवर्तन होता है। वही बिन्दु के (मन के) रूप में सूक्ष्म कान्तिवाली होते हुए भी कामाख्यादि चारों पीठों के रूप में होती है।

बिन्दुपीठं विनिर्भिद्य नादलिङ्गमुपस्थितम् ।
प्राणेनोच्चार्यते ब्रह्मन् षण्मुखीकरणेन च ॥13॥

गुरूपदेशमार्गेण सहसैव प्रकाशते ।
स्थूलं सूक्ष्मं परं चेति त्रिविधं ब्रह्मणो वपुः ॥14॥
पञ्चब्रह्ममयं रूपं स्थूलं वैराजमुच्यते ।
हिरण्यगर्भं सूक्ष्मं तु नादं बीजत्रयात्मकम् ॥15॥

हे ब्रह्माजी! प्राणापानादि व्यापार से जो 'सोऽहम्' का उच्चारण होता है, उसमें विद्यमान त्याज्य अंश को अर्थात् बिन्दुपीठ को, जो कि व्यक्ताव्यक्तात्मक है, उसको गुरु के उपदेश द्वारा षण्मुखीकरण (भेदन) करके योगी को स्पष्टरूप से ब्रह्म के स्थूल, सूक्ष्म और परम—ये तीनों प्रकार के रूप स्पष्ट हो जाते हैं। इन रूपों में जो स्थूल रूप है वह तो पंच ब्रह्ममय (भूतमय ?) रूप है। उसे 'वैराज' कहा जाता है। और जो सूक्ष्म रूप है, वह हिरण्यगर्भरूप है, उसमें बीजचैतन्य का भी समावेश हो जाता है। और वह अकारादि तीन बीजों वाला भी होता है।

परं ब्रह्म परं सत्यं सच्चिदानन्दलक्षणम् ।
अप्रमेयमनिर्देश्यमवाङ्मनसगोचरम् ॥16॥
शुद्धं सूक्ष्मं निराकारं निर्विकारं निरञ्जनम् ।
अनन्तमपरिच्छेद्यमनूपममनामयम् ॥17॥
आत्ममन्त्रसदाभ्यासात् परतत्त्वं प्रकाशते ।
तदभिव्यक्तिचिह्नानि सिद्धिद्वाराणि मे शृणु ॥18॥

उस सूक्ष्मरूप के बाद अब परमरूप का वर्णन किया जाता है। वह परंब्रह्म ही परम सत् तत्त्व है। उसका लक्षण सत्, चित् और आनन्द है। वह प्रमाणों का विषय नहीं है, वह किसी को बताया नहीं जा सकता, वह वाणी और मन से परे है (जो न कहा जा सकता है, न सोचा जा सकता है) वह शुद्ध है, सूक्ष्म है, आकाररहित है, विकाररहित है, निष्कलंक है। उसकी कोई सीमा नहीं है, इसका विभागीकरण नहीं हो सकता, उसकी किसी से समानता नहीं हो सकती। वह दोषरहित है। वह आत्ममंत्र के (प्रणवमंत्र के और महावाक्यों के) सदैव अभ्यास करने से प्रकाशित होता है (स्वतः नहीं)। (प्रणवमंत्र के श्रवण-मनन-निदिध्यासन के साथ अनुसन्धानपूर्वक अभ्यास से ब्रह्म का साक्षात्कार होता है)। अब उस ब्रह्मसाक्षात्कार के चिह्नों को मैं बता रहा हूँ उन्हें सुनो। ये चिह्न ॐ के द्वाररूप हैं।

दीपज्वालेन्दुखद्योतविद्युन्नक्षत्रभास्वराः ।
दृश्यन्ते सूक्ष्मरूपेण सदा युक्तस्य योगिनः ॥19॥
अणिमादिकमैश्वर्यमचिरात् तस्य जायते ।
नास्ति नादात् परो मन्त्रो न देवः स्वात्मनः परः ॥20॥
नानुसंधेः परा पूजा न हि तृप्तेः परं सुखम् ।
गोपनीयं प्रयत्नेन सर्वदा सिद्धिमिच्छता ॥21॥
मद्भक्त एतद्विज्ञाय कृतकृत्यः सुखी भवेत् ।
यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥22॥ इति ।

इति द्वितीयोऽध्यायः ।

सतत योगपरायण योगी को दीपक, ज्वाला, चन्द्र, खद्योत, विद्युत् या नक्षत्र जैसी कान्तियाँ (तेज रेखाएँ) सदैव सूक्ष्मरूप से दिखाई देती हैं और उसको अणिमा आदि सिद्धियों का ऐश्वर्य शीघ्र ही

प्राप्त हो जाता है। (ये परतत्त्वसाक्षात्कारी के चिह्न हैं।) इसलिए नादानुसन्धान से उत्तम कोई मंत्र नहीं है और अपने आत्मा के अतिरिक्त उत्तम कोई देव नहीं है। उसके आत्मानुसन्धान के अतिरिक्त अन्य कोई उत्तम पूजा नहीं है और उससे मिलती हुई तृप्ति के समान कोई उत्तम सुख भी नहीं है। इसलिए सिद्धि प्राप्त करने की इच्छा वाले साधक को यह मंत्र बहुत प्रयत्नपूर्वक गोपनीय रखना चाहिए! मेरे कहे हुए इस ज्ञान को जानकर मेरा भक्त कृतकृत्य और सुखी होगा। जिस साधक को देव में परम श्रद्धाभक्ति हो और जैसी श्रद्धाभक्ति देव में हो वैसी ही गुरु में भी हो, उसी महात्मा को ये सब कही गई बातें स्पष्ट रूप में प्रकाशित होती हैं।

यहाँ दूसरा अध्याय पूरा हुआ।

❋

तृतीयोऽध्यायः

यन्नमस्य चिदाख्यातं यत् सिद्धीनां च कारणम्।
येन विज्ञातमात्रेण जन्मबन्धात् प्रमुच्यते ॥1॥
अक्षरं परमो नादः शब्दब्रह्मेति कथ्यते।
मूलाधारगता शक्तिः स्वाधारा बिन्दुरूपिणी ॥2॥
तस्यामुत्पद्यते नादः सूक्ष्मबीजादिवाङ्कुरः।
तां पश्यन्तीं विदुर्विश्वं यया पश्यन्ति योगिनः ॥3॥
हृदये व्यज्यते घोषो गर्जत्पर्जन्यसन्निभः।
तत्र स्थिता सुरेशान मध्यमेत्यभिधीयते ॥4॥

जो 'यन्नमस्य चित्' (यत् = जो, नमस्य = ऐक्य) कहा गया है, उसका अनुभव करके योगियों के द्वारा अपने शिष्यों को कहा गया है अर्थात् योगी अपने शिष्यों के चिदतिरिक्त कुछ नहीं है—ऐसा जो ऐक्य का उपदेश देते हैं, और जो सभी सिद्धियों का कारण (मूल स्रोत) है और जिसके केवल ज्ञान प्राप्त करने से ही जन्म-बन्धन से छुटकारा मिल जाता है, वह अक्षर है, वह परमनाद-स्वरूप है, उसे शब्दब्रह्म कहा जाता है। ऐसा अपररूप बना हुआ यह नादब्रह्म मूलाधार में अवस्थित जो पराशक्ति है (चित्सामान्यात्मक जो बिन्दु नामक अव्यक्तरूप जो नादधारा रूप कोई शक्ति है) उसमें नाद उत्पन्न होता है, जैसे सूक्ष्म बीज में से अंकुर फूटता हो; उसे 'पश्यन्ती' कहा जाता है। योगी लोग उसी के द्वारा जगत् को देखते हैं। जब गरजते बादलों जैसा उसका घोष हृदय में अभिव्यक्त होता है तब हे देवों के शासक ब्रह्माजी! उसको 'मध्यमा' ऐसा नाम दिया जाता है।

प्राणेन च त्वराख्येन प्रथिता वैखरी पुनः।
शाखापल्लवरूपेण तालवादिस्थानघट्टनात् ॥5॥
अकारादिक्षकारान्तान्यक्षराणि समीरयेत्।
अक्षरेभ्यः पदानि स्युः पदेभ्यो वाक्यसम्भवः ॥6॥
सर्वे वाक्यात्मका मन्त्रा वेदशास्त्राणि कृत्स्नशः।
पुराणानि च काव्यानि भाषाश्च विविधा अपि ॥7॥
सप्तस्वराश्च गाथाश्च सर्वे नादसमुद्भवाः।
एषा सरस्वती देवी सर्वभूतगुहाश्रया ॥8॥

वायुना वह्नियुक्तेन प्रेर्यमाणा शनैः शनैः।
[1]द्वित्रिवर्णपदैर्वाक्यैरित्येवं वर्तते सदा ॥9॥

वही पश्यन्ती जब स्वराख्य प्राण के साथ शाखा-पल्लवादि रूप तालु-कण्ठ-दन्तादि स्थानों के साथ टकराती है, तब अकार से लेकर क्षकार तक के अक्षरों का उच्चारण होता है। उन अक्षरों से पद बनते हैं और पदों से वाक्यों की उत्पत्ति होती है। ये जो मन्त्र, वेद, शास्त्र, पुराण, काव्य और सभी तरह-तरह की भाषाएँ हैं, वे सभी वाक्यात्मक ही हैं। ये सात स्वर और गाथाएँ नाद से उत्पन्न हुई हैं। यह सरस्वती देवी सभी प्राणियों के भीतर हृदय में निवास कर रही हैं। वह अग्निसहित वायु के द्वारा जब प्रेरित होती है, तब धीरे-धीरे दो-तीन अक्षरों वाले वाक्यों से इस प्रकार सदा प्रकट हुआ करती है। [अथवा पाठान्तर के अनुसार—विशिष्ट वर्णों से (वाक्यों से) प्रकट हुआ करती है।]

य इमां वैखरीं शक्तिं योगी स्वात्मनि पश्यति।
स वाक्सिद्धिमवाप्नोति सरस्वत्याः प्रसादतः ॥10॥

देवी सरस्वती के अनुग्रह से जो योगी इस वैखरी शक्ति को अपने आत्मा में देख लेता है, वह वाणी की सिद्धि प्राप्त कर लेता है।

वेदशास्त्रपुराणानां स्वयं कर्ता भविष्यति।
यत्र बिन्दुश्च नादश्च सोमसूर्याग्निवायवः ॥11॥
इन्द्रियाणि च सर्वाणि लयं गच्छन्ति सुव्रत।
वायवो यत्र लीयन्ते मनो यत्र विलीयते ॥12॥
यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः।
यस्मिन् स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते ॥13॥
यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया।
यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति ॥14॥
सुखमात्यन्तिकं यत्तद् बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्।
एतत् क्षराक्षरातीतमनक्षरमितीर्यते ॥15॥

वह मनुष्य वेद-शास्त्रों और पुराणों का कर्ता होगा। 'परम अक्षर' का स्वरूप तो यह है कि, हे सुव्रत! वहाँ तो बिन्दु, नाद, चन्द्र, सूर्य, अग्नि, वायु एवं सभी इन्द्रियों का लय हो जाता है। जहाँ सभी वायु विलीन हो जाते हैं, मन का भी जहाँ विलय हो जाता है। जिसे प्राप्त करके और उससे अधिक लाभ को साधक ज्यादा नहीं समझता, जिसमें अवस्थित योगी को बड़े से बड़े दुःख से भी विचलित नहीं किया जा सकता, जहाँ योग के सेवन से निरुद्ध किया हुआ चित्त शान्त हो जाता है, जहाँ आत्मा ही आत्मा को देखकर आत्मा में ही परितुष्ट हो जाता है, जो आत्यन्तिक सुखरूप है, जिसे इन्द्रियों के द्वारा ग्रहण किया नहीं जा सकता, जिसे बुद्धि ही सिर्फ ग्रहण कर सकती है, जो क्षर और अक्षर दोनों से परे हैं, उसे (परमाक्षर को) 'अनक्षर' कहा जाता है।

क्षरः सर्वाणि भूतानि सूत्रात्माक्षर उच्यते।
अक्षरं परमं ब्रह्म निर्विशेषं निरञ्जनम् ॥16॥
अलक्षणमलक्ष्यं तदप्रतर्क्यमनूपमम्।
अपारपारमच्छेद्यमचिन्त्यमतिनिर्मलम् ॥17॥

1. 'तद्विवर्तपदैः' इति पाठान्तरम्।

आधारं सर्वभूतानामनाधारमनामयम् ।
अप्रमाणमनिर्देश्यमप्रमेयमतीन्द्रियम् ॥18॥
अस्थूलमनणुह्रस्वमदीर्घमजमव्ययम् ।
अशब्दस्पर्शरूपं तदचक्षुःश्रोत्रनामकम् ॥19॥
सर्वज्ञं सर्वगं शान्तं सर्वेषां हृदये स्थितम् ।
सुसंवेद्यं गुरुमतात् सुदुर्बोधमचेतसाम् ॥20॥

वह अनक्षर अथवा परमाक्षर तत्त्व निर्विशेष और निष्कलंक है । जो क्षरतत्त्व है वह तो सभी भूत हैं और जो अक्षरतत्त्व है वह सूत्रात्मा है (इस तरह क्षर, अक्षर और परमाक्षर [या अनक्षर] की बात हुई) । क्षर और अक्षर दोनों से परे जो परम अक्षर रूप ब्रह्म है वह तो विशेषतारहित और निष्कलंक है । वह परमाक्षर किसी लक्षण से रहित है और इसलिए वह लक्ष्य भी नहीं बन सकता । कोई तर्क उसके विषय में किया नहीं जा सकता, वह अनुपम है, असीम है, अविभाज्य है, अचिन्त्य है, अतिनिर्मल है, वह सभी प्राणियों का आधाररूप है, पर उसका कोई आधार नहीं है, वह दोषरहित है, किसी प्रमाण के द्वारा वह सिद्ध नहीं किया जा सकता, वह किसी को बताया नहीं जा सकता, वह नापा नहीं जा सकता, वह इन्द्रियों से परे है, वह स्थूल नहीं है, अणु भी नहीं है, ह्रस्व भी नहीं है, दीर्घ भी नहीं है, वह जन्मरहित है, वह अव्यय (अक्षय) है, वह शब्द-स्पर्श-रूप से रहित है, वह चक्षु-श्रोत्र से रहित है, उसका कोई नाम नहीं है, वह सर्वज्ञ है, सर्वगामी है, शान्त है, सभी के हृदयों में अवस्थित है, गुरु के द्वारा उपदेश दिए जाने से बहुत अज्ञानी मनवालों को भी उसकी स्पष्ट अनुभूति हो सकती है ।

निष्कलं निर्गुणं शान्तं निर्विकारं निराश्रयम् ।
निर्लेपकं निरापायं कूटस्थमचलं ध्रुवम् ॥21॥
ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमःपारे प्रतिष्ठितम् ।
भावाभावविनिर्मुक्तं भावनामात्रगोचरम् ॥22॥
भक्तिगम्यं परं तत्त्वमन्तर्लीनेन चेतसा ।
भावनामात्रमेवात्र कारणं पद्मसम्भव ॥23॥
यथा देहान्तरप्राप्तिकारणं भावना नृणाम् ।
विषयं ध्यायतः पुंसो विषये रमते मनः ॥24॥

वह निरंश (अंशरहित) है, निर्गुण है, शान्त है, विकाररहित है, उसका कोई आश्रय (आधार) नहीं है, वह सबसे अलिप्त है, उसका कभी नाश नहीं होता, वह कूटस्थ (साक्षीमात्र) है, वह अचल है, वह शाश्वत (स्थायी) है, वह ज्योतियों की भी ज्योति है, वह अन्धकार से परे प्रतिष्ठित हुआ (तमोतीत) है, वह भाव और अभाव—दोनों से परे है, वह केवल भावना से ही जाना जा सकता है । हे कमलोद्भव ब्रह्मा ! वह अन्तर्लीन चित्त से भक्ति के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकने वाला परमतत्त्व है । इसको प्राप्त करने का कारण (हेतु) केवल भावना ही है । जैसे मनुष्यों के लिए अन्य देह की प्राप्ति का कारण केवल भावना ही होती है और विषयों का ध्यान करते रहने वाले पुरुषों का मन तो विषयों में ही घूमता रहता है न ?

मदनुस्मरतश्चित्तं मय्येवात्र विलीयते ।
सर्वज्ञत्वं परेशत्वं सर्वसम्पूर्णशक्तिता ।
अनन्तशक्तिमत्त्वं च ममानुस्मरणाद्भवेत् ॥25॥ इति ।

इति तृतीयोऽध्यायः ।

उसी प्रकार मेरा स्मरण करते रहने वाले का चित्त तो मुझमें ही विलीन होगा । अतः मेरा अनुस्मरण करने वाले को सर्वज्ञता, परमेश्वरता, सर्वसंपूर्णशक्तिमत्ता और अनन्तशक्तिमत्ता आदि होंगे ही ।

यहाँ इस प्रकार तृतीय अध्याय पूरा होता है ।

❋

चतुर्थोऽध्यायः

चैतन्यस्यैकरूपत्वाद्भेदो युक्तो न कर्हिचित् ।
जीवत्वं च तथा ज्ञेयं रज्ज्वां सर्पग्रहो यथा ॥1॥
रज्ज्वज्ञानात् क्षणेनैव यद्वद्रज्जुर्हि सर्पिणी ।
भाति तद्वच्चितिः साक्षाद्विश्वाकारेण केवला ॥2॥

चैतन्य तो एकरूप ही है, उसमें भेद करना तो किसी भी रीति से योग्य है ही नहीं । जिस प्रकार किसी रस्सी में भ्रम से माने गए सर्प के ख्याल को छोड़ ही देना चाहिए, उसी प्रकार चैतन्य में जो जीवभाव हो गया है, उसे छोड़ ही देना चाहिए । जिस प्रकार रज्जु के अज्ञान से ही रज्जु क्षण में नागिन हो जाती है ठीक उसी प्रकार केवल चैतन्य ही विश्व के आकार से भासित होता है ।

उपादानं प्रपञ्चस्य ब्रह्मणोऽन्यन्न विद्यते ।
तस्मात् सर्वप्रपञ्चोऽयं ब्रह्मैवास्ति न चेतरत् ॥3॥
व्याप्यव्यापकता मिथ्या सर्वमात्मेति शासनात् ।
इति ज्ञाते परे तत्त्वे भेदस्यावसरः कुतः ॥4॥
ब्रह्मणः सर्वभूतानि जायन्ते परमात्मनः ।
तस्मादेतानि ब्रह्मैव भवन्तीति विचिन्तय ॥5॥
ब्रह्मैव सर्वनामानि रूपाणि विविधानि च ।
कर्माण्यपि समग्राणि बिभर्तीति विभावय ॥6॥
सुवर्णाज्जायमानस्य सुवर्णत्वं च शाश्वतम् ।
ब्रह्मणो जायमानस्य ब्रह्मत्वं च तथा भवेत् ॥7॥

इस प्रपंच (जगत्) का उपादान कारण ब्रह्म के अतिरिक्त और कोई नहीं है । इसलिए यह सारा प्रपंच (पूरा जगत्) ब्रह्मरूप ही है, कोई दूसरा है ही नहीं । यहाँ जो व्याप्य और व्यापक का विचार प्रवर्तमान है, वह तो मिथ्या ही है, क्योंकि शास्त्र तो ऐसा ही कहता है कि सब कुछ आत्मा ही है (कोई अन्य है ही नहीं कि जिससे व्याप्यव्यापक भाव हो सके) । इस परमतत्त्व को सर्वव्यापक और एकमात्र रूप से जब जान लिया जाय, तो फिर व्याप्यव्यापकता के लिए कोई स्थान ही कैसे रहेगा ? परमात्मा स्वरूप ब्रह्म से इन सर्वभूतों की उत्पत्ति होती है । इसलिए ये सभी ब्रह्मरूप ही हैं, ऐसा विचार करो । ये सब जो नाम हैं, रूप हैं, ये तरह-तरह के कार्य हैं, इन सबको ब्रह्म ही धारण करता है, ऐसा तुम चिन्तन करो । ऐसी विभावना (अवधारणा) करो । जो वस्तु सोने से निर्मित होती है उसका स्वर्णत्व तो स्थायी रहता ही है, इसी तरह ब्रह्म से उत्पन्न हुए इस सारे जगत् में ब्रह्मत्व तो स्थायी है ही ।

स्वल्पमप्यन्तरं कृत्वा जीवात्मपरमात्मनोः ।
यस्तिष्ठति विमूढात्मा भयं तस्यापि भाषितम् ॥8॥

यदज्ञानाद् भवेद् द्वैतमितरत् तत् प्रपश्यति ।
आत्मत्वेन तदा सर्वं नेतरत् तत्र चाण्वपि ॥9॥

जो विमूढ अन्त:करण वाला पुरुष जीव और परमात्मा में थोड़ा-सा भी अन्तर (भेद) करके देखता है, उसको भय होता ही है, ऐसा कहा गया है। जिस अज्ञान से द्वैत पैदा होता है और जो मनुष्य एक-दूसरे को अलग-अलग देखता है, उसी को जब ज्ञान हो जाता है, तब वह सबको आत्मरूप से ही देखता है। तब तो एक अणु भी उसके लिए आत्मा से अलग नहीं होता (सब आत्मा ही होता है)।

अनुभूतोऽप्ययं लोको व्यवहारक्षमोऽपि सन् ।
असद्रूपो यथा स्वप्न उत्तरक्षणबाधितः ॥10॥
स्वप्ने जागरितं नास्ति जागरे स्वप्नता न हि ।
द्वयमेव लये नास्ति लयोऽपि ह्यनयोर्न च ॥11॥
त्रयमेव भवेन्मिथ्या गुणत्रयविनिर्मितम् ।
अस्य द्रष्टा गुणातीतो नित्यो ह्येष चिदात्मकः ॥12॥
यद्वन्मृदि घटभ्रान्तिः शुक्तौ हि रजतस्थितिः ।
तद्वद्ब्रह्मणि जीवत्वं वीक्षमाणे विनश्यति ॥13॥

यद्यपि यह लोक (संसार) अनुभव में आता है, व्यवहार के लिए भी वह सत्य-सा लगता है फिर भी वह स्वप्न जैसा ही है क्योंकि एक अनुभव के बाद दूसरे अनुभव से वह पूर्वानुभव बाधित हो जाता है इसलिए यह असत् रूप ही है। स्वप्नावस्था में जाग्रदवस्था नहीं होती और जाग्रदवस्था में स्वप्नावस्था नहीं होती और लयावस्था में (अथवा सुषुप्ति में) वे दोनों नहीं होतीं। और इन दोनों के अस्तित्व का लय भी तो नहीं होता। वास्तव में ये तीनों अवस्थाएँ मिथ्या ही हैं, तीनों सत्त्वादि गुणों के द्वारा ये बनाई गई हैं। इस अवस्थात्रय का द्रष्टा तो तीनों गुणों से परे है, वह नित्य है और चैतन्यस्वरूप है। जिस तरह मिट्टी में घड़े की भ्रान्ति होती है और सीप में रजत का भ्रम होता है, उसी प्रकार ब्रह्म में जीवत्व को देखने वाला मनुष्य विनष्ट हो जाता है।

यथा मृदि घटो नाम कनके कुण्डलाभिधा ।
शुक्तौ हि रजतख्यातिर्जीवशब्दार्थता परे ॥14॥
यथैव व्योम्नि नीलत्वं यथा नीरं मरुस्थले ।
पुरुषत्वं यथा स्थाणौ तद्वद्विश्वं चिदात्मनि ॥15॥
यथैव शून्यो वेतालो गन्धर्वाणां पुरं यथा ।
यथाकाशे द्विचन्द्रत्वं तद्वत् सत्ये जगत्स्थितिः ॥16॥
यथा तरङ्गकल्लोलैर्जलमेव स्फुरत्यलम् ।
घटनाम्ना यथा पृथ्वी पटनाम्ना हि तन्तवः ॥17॥

जिस प्रकार मिट्टी में ही घड़े का और कनक में ही कुण्डल का नाम दिया जाता है और जैसे सीप में ही रजत का रूप लिया जाता है, वैसे ही परमात्मा में जीवत्व शब्द का व्यवहार किया जाता है। जिस प्रकार आकाश में नीलत्व होता है, जिस प्रकार मरुमरीचिका में पानी होता है, जिस प्रकार खम्भे में पुरुषत्व होता है, ठीक इसी प्रकार चिदात्मा में जगत् की स्थिति है। (अर्थात् वास्तव में है ही नहीं।) जिस प्रकार वेताल शून्यरूप ही होता है, जिस प्रकार आकाश में गन्धर्वनगरी होती है, जिस तरह आकाश में दो चन्द्र होते हैं, इसी प्रकार सत्यरूप ब्रह्म में जगत् की स्थिति है। (अर्थात् जगत् का कोई

अस्तित्व ही नहीं है।) जिस प्रकार तरंगों के कल्लोल से केवल जल ही स्फुरित होता है, जैसे घट के नाम से पृथ्वी ही कही जाती है, जैसे वस्त्र के नाम से तन्तु ही कहे जाते हैं, उसी तरह—

जगन्नाम्ना चिदाभाति सर्वं ब्रह्मैव केवलम् ।
यथा वन्ध्यासुतो नास्ति यथा नास्ति मरौ जलम् ॥18॥
यथा नास्ति नभोवृक्षस्तथा नास्ति जगत्स्थितिः ।
गृह्यमाणे घटे यद्वन्मृत्तिका भाति वै बलात् ॥19॥
वीक्ष्यमाणे प्रपञ्चे तु ब्रह्मैवाभाति भासुरम् ।
सदैवात्मा विशुद्धोऽस्मि ह्यशुद्धो भाति वै सदा ॥20॥

—जगत् के नाम से चिदात्मा ही प्रकाशित हो रहा है। सब जगह यह चिदात्मा ब्रह्म ही तो है। जिस प्रकार बन्ध्यापुत्र का कोई अस्तित्व नहीं होता, जिस प्रकार मरुभूमि में कोई जल का अस्तित्व नहीं होता, जिस प्रकार आकाश में वृक्ष का अस्तित्व नहीं होता, इसी तरह जगत् का कोई अस्तित्व ही नहीं है। जिस प्रकार घट को देखने पर मिट्टी बलपूर्वक दिखाई ही पड़ती है, उसी प्रकार जब जगत् देखा जाता है तो बलात् तेजोमय ब्रह्म दिखाई ही पड़ता है। वास्तव में तो अस्मि का वाचक (अहम्) आत्मा सत् और विशुद्ध ही है जो सदा अशुद्ध (जगत्) रूप में प्रतीत होता है।

यथैव द्विविधा रज्जुर्ज्ञानिनोऽज्ञानिनोऽनिशम् ।
यथैव मृन्मयः कुम्भस्तद्वद्देहोऽपि चिन्मयः ॥21॥
आत्मानात्मविवेकोऽयं मुधैव क्रियते बुधैः ।
सर्पत्वेन यथा रज्जू रजतत्वेन शुक्तिका ॥22॥
विनिर्णीता विमूढेन देहत्वेन तथात्मता ।
घटत्वेन यथा पृथ्वी जलत्वेन मरीचिका ॥23॥
गृहत्वेन हि काष्ठानि खड्गत्वेनैव लोहता ।
तद्वदात्मनि देहत्वं पश्यत्यज्ञानयोगतः ॥24॥ इति ।

इति चतुर्थोऽध्यायः ।

जिस प्रकार ज्ञानी की और अज्ञानी की दृष्टि से रस्सी दो प्रकार की हो जाती है और जिस प्रकार मिट्टी से बना घड़ा भी दो प्रकार का हो जाता है, उसी प्रकार ज्ञानी और अज्ञानी की दृष्टि में चित्स्वरूप यह देह भी दो प्रकार का हो जाता है। ज्ञानियों के द्वारा आत्मा और अनात्मा का जो विवेक (भेद) किया जाता है, वह तो गलत ही किया जाता है, क्योंकि रस्सी में सर्प की तरह और सीप में रजत की तरह वह तो मिथ्या ही है। उसमें सत्य का निर्णय तो मूढ़ों के द्वारा ही किया जाता है। मूढ़ ही आत्मा को देहरूप में और पृथ्वी को घटरूप में या मरीचिका को जलरूप में मानता है। जैसे वह लकड़ियों को गृहरूप में, लोहे को खड्ग के रूप में मानता है, वैसे ही अज्ञान के योग से वह देह में आत्मत्व को मानता है।

इस तरह यहाँ चौथा अध्याय पूरा होता है।

❋

पञ्चमोऽध्यायः

पुनर्योगं प्रवक्ष्यामि गुह्यं ब्रह्मस्वरूपकम् ।
समाहितमना भूत्वा शृणु ब्रह्मन् यथाक्रमम् ॥1॥

दशद्वारपुरं देहं दशनाडीमहापथम् ।
दशभिर्वायुभिर्व्याप्तं दशेन्द्रियपरिच्छदम् ॥2॥
षडाधारापवरकं षडन्वयमहावनम् ।
चतुष्पीठसमाकीर्णं चतुराम्नायदीपकम् ॥3॥
बिन्दुनादमहालिङ्गविष्णुलक्ष्मीनिकेतनम् ।
देह विष्ण्वालयं प्रोक्तं सिद्धिदं सर्वदेहिनाम् ॥4॥

शिवजी ने आगे कहा कि—हे ब्रह्माजी ! मैं और भी क्रमानुसार गोपनीय ब्रह्मस्वरूप के विषय में कह रहा हूँ। उसे सावधान मन से सुनो। यह देह दस द्वारों (दश इन्द्रियों) वाला नगर है, इसमें दस नाड़ीरूप बड़े-बड़े मार्ग बने हैं। इसमें दश वायु व्याप्त है और यह दश इन्द्रियों से व्याप्त है। छः (चक्रोंरूपी) आधारों से वह घिरा हुआ है। इसमें छः अन्वय रूप बड़े वन (मन्त्र-लय-हठ-राज-भावना-सहज—इन योग सम्प्रदाय रूप वन) बनाये गये हैं। इसमें कामरूपादि पूर्व वर्णित चार पीठ हैं, इसमें वेदरूपी दीपक जगमगा रहे हैं। बिन्दु, नाद, महालिंग, विष्णु और लक्ष्मी का यह निवासस्थान है। इस देह को विष्णु का घर कहा जाता है। यह सभी देहधारियों के लिए सिद्धिदायक बताया गया है।

गुदमेढ्रान्तरालस्थं मूलाधारं त्रिकोणकम् ।
शिवस्य जीवरूपस्य स्थानं तद्धि प्रचक्षते ॥5॥
यत्र कुण्डलिनी नाम परा शक्तिः प्रतिष्ठिता ।
यस्मादुत्पद्यते वायुर्यस्माद्वह्निः प्रवर्तते ॥6॥
यस्मादुत्पद्यते बिन्दुर्यस्मान्नादः प्रवर्तते ।
यस्मादुत्पद्यते हंसो यस्मादुत्पद्यते मनः ॥7॥
तदेतत् कामरूपाख्यं पीठं कामफलप्रदम् ।
स्वाधिष्ठानाह्वयं चक्रं लिङ्गमूलं षडस्रकम् ॥8॥

गुदा और मेढ्र (लिंग) के बीच के प्रदेश में तीन कोनों वाला मूलाधार चक्र स्थापित है। उसको जीवरूप बने हुए शिव का स्थान कहा जाता है। वहाँ पर कुण्डलिनी नाम की पराशक्ति प्रतिष्ठित है। इसमें से पहले वायु (प्राण) उत्पन्न होता है, वायु से अग्नि पैदा होता है। फिर उस अग्नि से बिन्दु उत्पन्न होता है और बिन्दु से नाद उत्पन्न होता है। उस नाद से हंस उत्पन्न होता है और हंस से मन उत्पन्न होता है। इसे 'कामरूप' नाम का पीठ कहा जाता है। क्योंकि वह हमारी कामनाओं का फल देने वाला है। फिर जरा ऊपर लिंग के मूल में स्वाधिष्ठान नाम का चक्र है। वह छः दलों वाला है।

नाभिदेशे स्थितं चक्रं दशास्रं मणिपूरकम् ।
द्वादशारं महाचक्रं हृदये चाप्यनाहतम् ॥9॥
तदेतत् पूर्णगिर्याख्यं पीठं कमलसम्भव ।
कण्ठकूपे विशुद्धाख्यं यच्चक्रं षोडशास्रकम् ॥10॥
पीठं जालन्धरं नाम तिष्ठत्यत्र चतुर्मुख ।
आज्ञा नाम भ्रुवोर्मध्ये द्विदलं चक्रमुत्तमम् ॥11॥
उड्याणाख्यं महापीठमुपरिष्टात् प्रतिष्ठितम् ।
स्थानान्येतानि देहेऽस्मिञ्छक्तिरूपं प्रकाशते ॥12॥

नाभि के प्रदेश में रहा हुआ दश दल वाला चक्र मणिपूरक कहा जाता है। और बारह दलों वाला अनाहत नाम का महाचक्र हृदय में स्थापित है। हे कमलसंभव ब्रह्मा जी ! वह यह पूर्णगिरि नाम का पीठ है। कण्ठकूप में विशुद्ध चक्र नाम का चक्र है। वह चक्र सोलह दलवाला है। हे चतुर्मुख ब्रह्माजी ! यहाँ पर जालन्धर नामक पीठ अवस्थित है। दो भौंहों के बीच आज्ञाचक्र है, वह दो दल वाला है। वह उत्तम चक्र है, यहाँ उड्याण नाम का महापीठ ऊपर के भाग में स्थित है। ये सब इस देह में बने हुए स्थान हैं, इनमें शक्तिरूप प्रकाशित होता है।

स चतस्त्रधरण्यादौ ब्रह्मा तत्राधिदेवता ।
अर्धचन्द्राकृति जलं विष्णुस्तस्याधिदेवता ॥13॥
त्रिकोणमण्डलं वह्नी रुद्रस्तस्याधिदेवता ।
वायोर्बिम्बं तु षट्कोणं सङ्कर्षोऽत्राधिदेवता ॥14॥
आकाशमण्डलं वृत्तं श्रीमन्नारायणोऽत्राधिदेवता ।
नादरूपं भ्रुवोर्मध्ये मनसो मण्डलं विदुः ॥15॥
शाम्भवस्थानमेतत्ते वर्णितं पद्मसम्भव ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि नाडीचक्रस्य निर्णयम् ॥16॥

चार कोने वाली धरणी आदि में ब्रह्मा अधिदेवता हैं, जो अर्धचन्द्राकृति जल है, उसके अधिदेवता विष्णु हैं, त्रिकोण मण्डलाकार वह्नि है और उसके अधिदेवता रुद्र हैं। जो षट्कोण बिम्बाकार वायु है, उसके अधिदेवता संकर्षण हैं। गोलाकार आकाशमण्डल के अधिदेवता श्रीमन्-नारायण हैं। और दोनों भौहों के बीच नादरूप मन का मण्डल कहा गया है। यह जो शांभव स्थान है उसका वर्णन तो हे पद्मसंभव ब्रह्मा जी ! मैं पहले ही (प्रथम अध्याय में ही) आपके समक्ष कह चुका हूँ। अब आगे मैं नाड़ीचक्र का निर्णय कहूँगा।

मूलाधारत्रिकोणस्था सुषुम्ना द्वादशाङ्गुला ।
मूलार्धच्छिन्नवंशाभा ब्रह्मनाडीति सा स्मृता ॥17॥
इडा च पिङ्गला चैव तस्याः पार्श्वद्वये गते ।
विलम्बिन्यामनुस्यूते नासिकान्तमुपागते ॥18॥
इडायां हेमरूपेण वायुर्वामेन गच्छति ।
पिङ्गलायां तु सूर्यात्मा याति दक्षिणपार्श्वतः ॥19॥
विलम्बिनीति या नाडी व्यक्ता नाभौ प्रतिष्ठिता ।
तत्र नाड्यः समुत्पन्नास्तिर्यगूर्ध्वमधोमुखाः ॥20॥

मूलाधार में आधा बाँस काटा गया हो ऐसे आकार (आभा) वाली, मूलाधार के त्रिकोणाकार प्रदेश में अवस्थित, बारह अंगुल के परिमाणवाली सुषुम्ना नाम की नाड़ी है, उसे ब्रह्मनाड़ी भी कहा जाता है। उस सुषुम्ना के दोनों पार्श्वों में इडा और पिंगला नाम की दो नाड़ियाँ हैं। वे दोनों नाड़ियाँ विलम्बिनी नाम की नाड़ी में अनुस्यूत (पिरोयी हुई) हैं और वे दोनों नाड़ियाँ नासिका के अन्तभाग—नथुने तक पहुँची हुई हैं। वाम नथुने से इडा में हेमरूप से (सूर्य नाड़ी से) प्राणवायु पहले आता है। और नासिका के दक्षिण भाग से (दाहिने नथुने से) सूर्यस्वरूप वह वायु जाता है। अब जो विलम्बिनी नाम की नाड़ी है, वह व्यक्त होकर नाभि प्रदेश में प्रतिष्ठित हुई है, उसके थोड़े ऊपर के भाग में नीचे मुख किए हुए नाड़ियाँ उत्पन्न हुई हैं।

तन्नाभिचक्रमित्युक्तं कुक्कुटाण्डमिव स्थितम् ।
गान्धारी हस्तिजिह्वा च तस्मान्नेत्रद्वयं गते ॥21॥
पूषा चालम्बुसा चैव श्रोत्रद्वयमुपागते ।
शूरा नाम महानाडी तस्माद्भ्रूमध्यमाश्रिता ॥22॥
विश्वोदरी तु या नाडी सा भुङ्क्तेऽन्नं चतुर्विधम् ।
सरस्वती तु या नाडी सा जिह्वान्तं प्रसर्पते ॥23॥
राकाह्वया तु या नाडी पीत्वा च सलिलं क्षणात् ।
क्षुतमुत्पादयेद् घ्राणे श्लेष्माणं संचिनोति च ॥24॥

उस स्थान को नाभिचक्र कहा जाता है। कुक्कुट (मुर्गी) के अण्डे की तरह उसका आकार है। वहाँ से गान्धारी और हस्तिजिह्वा नाम की दो नाड़ियाँ दोनों आँखों तक पहुँची हुई हैं और पूषा तथा अलम्बुसा नाम की दो नाड़ियाँ दोनों कानों तक पहुँची हुई हैं। शूरा नाम की एक महानाड़ी उससे उत्पन्न होकर दोनों भौहों के बीच में पहुँची हुई है। जो विश्वोदरी नाम की नाड़ी है, वह चारों प्रकार के अन्न—लेह्य, चोष्य, पेय और खाद्य को ग्रहण करती है। जो सरस्वती नाम की नाड़ी है, वह जीभ के अन्त तक फैली हुई है और जो राका नाम की नाड़ी है, वह पानी पीकर एक क्षण में छींक को पैदा कर देती है और कफ को एकत्रित करती है।

कण्ठकूपोद्भवा नाडी शङ्खिन्याख्या त्वधोमुखी ।
अन्नसारं समादाय मूर्ध्नि सञ्चिनुते सदा ॥25॥
नाभेरधोगतास्तिस्रो नाडयः स्युरधोमुखाः ।
मलं त्यजेत् कुहूर्नाडी मूत्रं मुञ्चति वारुणी ॥26॥
चित्राख्या सीविनी नाडी शुक्लमोचनकारिणी ।
नाडीचक्रमिति प्रोक्तं बिन्दुरूपमतः शृणु ॥27॥

शंखिनी नाम की नाड़ी कण्ठकूप से उत्पन्न होती है, वह नीचे मुख किए हुए है। वह अन्न के सारतत्त्व को इकट्ठा करके सदा मस्तक में रख देती है। नाभि के नीचे के भाग में तीन नाड़ियाँ हैं, ये सब अधोमुखी हैं। इनमें से जो कुहू नाम की नाड़ी है, वह मल का त्याग करती है और जो वारुणी नाम की नाड़ी है, वह मूत्र का त्याग करती है। सीवनी के स्थान में जो चित्रा नाम की नाडी है, वह शुक्ल (शुक्र) का मोचन करने वाली है। इसको नाड़ीचक्र कहा गया है। अब मैं तुम्हें बिन्दुरूप सुनाऊँगा, इसे सुनो।

स्थूलं सूक्ष्मं परं चेति त्रिविधं ब्रह्मणो वपुः ।
स्थूलं शुक्लात्मकं बिन्दुः सूक्ष्मं पञ्चाग्निरूपकम् ॥28॥
सोमात्मकः परः प्रोक्तः सदा साक्षी सदाच्युतः ।
पातालानामधोभागे कालाग्निर्यः प्रतिष्ठितः ॥29॥
स मूलाग्निः शरीरेऽग्निर्यस्मान्नादः प्रजायते ।
बडवाग्निः शरीरस्थो ह्यस्थिमध्ये प्रवर्तते ॥30॥

स्थूल, सूक्ष्म और पर—इस प्रकार के ब्रह्म के तीन रूप होते हैं। इनमें जो स्थूलरूप है, वह शुक्लस्वरूप (शुक्रस्वरूप) बिन्दु के रूप में होता है और जो सूक्ष्म रूप है वह पंचाग्निरूप है, जो पररूप है, वह सोमात्मक है, वह सदा साक्षीस्वरूप है, वह अच्युत (शाश्वत) है। जो पंचाग्नि रूप कहा

गया है, वह पातालों के नीचे जो कालाग्नि प्रतिष्ठित है, वही मूलाग्नि इस शरीर में भी है। इससे नाद उत्पन्न होता है। शरीर में अवस्थित यह वडवाग्नि अस्थियों के बीच रहकर फैलता है। (अर्थात् कालाग्नि ही नादाधार अग्नि होकर शरीर में रहता है।)

काष्ठपाषाणयोर्वह्निर्ह्यस्थिमध्ये प्रवर्तते ।
काष्ठपाषाणजो वह्निः पार्थिवो ग्रहणीगतः ॥31॥
अन्तरिक्षगतो वह्निर्वैद्युतः स्वान्तरात्मकः ।
नभःस्थः सूर्यरूपोऽग्निर्नाभिमण्डलमाश्रितः ॥32॥
विषं वर्षति सूर्योऽसौ स्रवत्यमृतमुन्मुखः ।
तालुमूले स्थितश्चन्द्रः सुधां वर्षत्यधोमुखः ॥33॥
भ्रूमध्यनिलयो बिन्दुः शुद्धस्फटिकसंनिभः ।
महाविष्णोश्च देवस्य तत् सूक्ष्मं रूपमुच्यते ॥34॥

काष्ठ और पाषाण से जन्मा हुआ अग्नि अस्थियों में प्रवर्तित होता है। काष्ठ और पाषाण से उत्पन्न वह पार्थिव अग्नि ही ग्रहणीगत (योषागत) स्त्री में स्थित होता है। और जो अन्तरिक्ष में रहने वाला वैद्युत अग्नि है, वही अपने अन्तर का स्वरूप लिए हुए है। आकाश में रहने वाला जो सूर्यरूप अग्नि है, वही नाभिमंडल में स्थित है। यह सूर्य विष बरसाता है, पर उन्मुख (अभिमुख) होकर वह अमृत का स्राव करता है। तालुप्रदेश में रहने वाला चन्द्र नीचे मुख करके सुधा बरसाता है। दोनों भौहों के बीच में रहने वाला बिन्दु शुद्ध स्फटिक जैसी कान्तिवाला होता है, और वह महाविष्णु देव का रूप समझा जाता है।

एतत् पञ्चाग्निरूपं यो भावयेद् बुद्धिमान् धिया ।
तेन भुक्तं च पीतं च हुतमेव न संशयः ॥35॥
सुखसंसेवितं स्वप्नं सुजीर्णमितभोजनम् ।
शरीरशुद्धिं कृत्वादौ सुखमासनमास्थितः ॥36॥
प्राणस्य शोधयेन्मार्गं रेचपूरककुम्भकैः ।
गुदमाकुञ्च्य यत्नेन मूलशक्तिं प्रपूजयेत् ॥37॥

जो बुद्धिमान मनुष्य अपनी बुद्धि से इस पंचाग्निरूप की भावना करता है, उसका खाया-पिया सब हवन किया हुआ ही हो जाता है, इसमें कोई संशय नहीं है। इस प्रकार जो सुख से निद्रा लेता है, जो पाचक और कम आहार लेता है, ऐसे आहारादि से शरीरशुद्धि करने वाले मनुष्य को चाहिए कि वह रेचक, पूरक और कुंभक के द्वारा पहले प्राणशक्ति के मार्ग को शुद्ध कर ले और फिर गुदा का संकोच करते हुए प्रयत्नपूर्वक मूलशक्ति को पूजे (जगाए)।

नाभौ लिङ्गस्य मध्ये तु उड्याणाख्यं च बन्धयेत् ।
उड्डीय याति तेनैव शक्तितोऽड्याणपीठकम् ॥38॥
कण्ठं सङ्कोचयेत् किञ्चिद्बन्धो जालन्धरो ह्ययम् ।
बन्धयेत् खेचरीमुद्रां दृढचित्तः समाहितः ॥39॥
कपालविवरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥40॥

नाभि और लिंग के बीच के प्रदेश में उड्याणबन्ध करना चाहिए। इसी से प्राण उड़कर शक्ति से उड्याणपीठ तक जाता है। जब थोड़ा-सा कण्ठ का संकोच किया जाता है, तब जालन्धरबन्ध बनता है। दृढ मन वाले (स्थिर बुद्धि वाले) साधक को उसके बाद खेचरी मुद्रा करनी चाहिए। इसमें जीभ को उल्टा करके कपाल की गुहा में (कपाल के छिद्र में) उसको प्रवेश कराना चाहिए और दृष्टि दोनों भौहों के बीच स्थिर रखनी चाहिए। इस तरह खेचरी मुद्रा होती है।

खेचर्या मुद्रितं येन विवरं लम्बिकोर्ध्वतः।
न पीयूषं पतत्यग्नौ न च वायुः प्रधावति ॥41॥
न क्षुधा न तृषा निद्रा नैवालस्यं प्रजायते।
न च मृत्युर्भवेत् तस्य यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥42॥

जिसने खेचरी से अपने कण्ठविवर को ऊँचे लम्बी जीभ करके मुद्रित कर दिया है (बन्द कर दिया है), ऐसे उसका अमृत अग्नि में नहीं गिरता (नष्ट नहीं होता) और वायु दौड़ता नहीं है (प्राणवायु असंयत नहीं रहता)। उसे क्षुधा, तृष्णा, निद्रा, आलस्य आदि कुछ उत्पन्न नहीं होता। जो इस खेचरी मुद्रा को जानता है, उसकी कभी मृत्यु नहीं होती।

ततः पूर्वापरे व्योम्नि द्वादशान्तेऽच्युतात्मके।
उड्याणपीठे निर्द्वन्द्वे निरालम्बे निरञ्जने ॥43॥
ततः पङ्कजमध्यस्थं चन्द्रमण्डलमध्यगम्।
नारायणमनुध्यायेत् स्रवन्तममृतं सदा ॥44॥
भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥45॥

इसके बाद खेचरी मुद्रा के बारह (वर्ष) के अन्त में उड्याण पीठ में, द्वन्द्वरहित, अवलम्बन रहित, अच्युतात्मक—शाश्वत (सहस्राराकाश में) पर और अपर आकाश में, कमल पर विराजमान, चन्द्रमण्डल के मध्य में स्थित, सर्वदा अमृत का स्राव करने वाले नारायण का ही ध्यान करते रहना चाहिए। इससे हृदय की ग्रन्थियाँ टूट जाती हैं। जब उन परात्पर नारायण का ही दर्शन हो गया तब सभी संशय भी मिट जाएँगे। ऐसे नारायण के साक्षात्कारी के सभी कर्म भी क्षीण हो जाते हैं।

अथ सिद्धिं प्रवक्ष्यामि सुखोपायं सुरेश्वर।
जितेन्द्रियाणां शान्तानां जितश्वासविचेतसाम् ॥46॥
नादे मनोलयं ब्रह्मन् दूरश्रवणकारणम्।
बिन्दौ मनोलयं कृत्वा दूरदर्शनमाप्नुयात् ॥47॥
कालात्मनि मनो लीनं त्रिकालज्ञानकारणम्।
परकायमनोयोगः परकायप्रवेशकृत् ॥48॥
अमृतं चिन्तयेन्मूर्ध्नि क्षुत्तृषाविषशान्तये।
पृथिव्यां धारयेच्चितं पातालगमनं भवेत् ॥49॥

अब हे सुरेश्वर! उन जितेन्द्रिय, शान्त, प्राणों को जीतने वाले और मन को वश में रखने वाले योगियों के सुख के उपाय को और उनकी सिद्धि को मैं तुम्हें कहूँगा। हे ब्रह्माजी! नाद में जब मन का लय हो जाता है, तब वह दूरश्रवण की सिद्धि का कारण बनता है। इसके बाद बिन्दु में मन का लय

करके योगी दूरश्रवण की सिद्धि प्राप्त कर सकता है। मन जब कालात्मा में लीन हो जाता है, तब वह त्रिकाल ज्ञान का कारण होता है। और अन्य के शरीर में मन का योग करने से वह अन्य के शरीर में प्रवेश (परकायप्रवेश) कर सकता है। भूख, प्यास और विष की शान्ति के लिए मस्तिष्क में अमृत की भावना करनी चाहिए और पृथ्वी में चित्त की धारणा करने से पाताल में गमन हो सकता है।

सलिले धारयेच्चितं नाम्भसा परिभूयते।
अग्नौ संधारयेच्चित्तमग्निना दह्यते न सः ॥50॥
वायौ मनोलयं कुर्यादाकाशगमनं भवेत्।
आकाशे धारयेच्चित्तमणिमादिकमाप्नुयात् ॥51॥
विराट्रूपे मनो युञ्जन् महिमानमवाप्नुयात्।
चतुर्मुखे मनो युञ्जन् जगत्सृष्टिकरो भवेत् ॥52॥

वह यदि जल में चित्त की अवधारणा (लय) करता है, तो जल से कभी पराभव प्राप्त नहीं करता और अगर वह अग्नि में चित्त की अवधारणा (लय) करता है, तो अग्नि से वह कभी जलता नहीं है। यदि वह वायु में चित्त की अवधारणा करता है (लय कर देता है), तो वह आकाश में गमन कर सकता है और यदि वह आकाश में चित्त की अवधारणा करता है, तो उसे अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं। यदि वह अपने मन को विराट्रूप में जोड़ (एकाकार कर) देता है, तब तो वह महिमा महत्तत्त्व को पाता है और यदि चतुर्मुख ब्रह्मा के साथ अपने चित्त की एकात्मता करता है, तब तो वह सृष्टि का कर्ता ही हो जाता है।

इन्द्ररूपिणमात्मानं भावयन् मर्त्यभोगवान्।
विष्णुरूपे महायोगी पालयेदखिलं जगत् ॥53॥
रुद्ररूपे महायोगी संहरत्येव तेजसा।
नारायणे मनो युञ्जन् नारायणमयो भवेत्।
वासुदेवे मनो युञ्जन् सर्वसिद्धिमवाप्नुयात् ॥54॥
यथा संकल्पयेद्योगी योगयुक्तो जितेन्द्रियः।
तथा तत्तदवाप्नोति भाव एवात्र कारणम् ॥55॥

अपने आपको इन्द्ररूप में भावना करने वाला सभी मर्त्य भोगों का भोगने वाला होता है और अपने को विष्णु के रूप में भावना करने वाला महायोगी बन जाता है और अखिल जगत् का पालन करने वाला बन जाता है। अपने आत्मा की रुद्र रूप में भावना करने वाला महायोगी बनता है और वह अपने तेज से जगत् का संहार करता है। अपने मन को नारायण में जोड़ने वाला नारायणमय ही बनता है। और वासुदेव में मन को जोड़ने वाला सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त करता है। योगयुक्त जितेन्द्रिय योगी तो अपने संकल्पों के अनुसार जो-जो भाव जिस-जिस सिद्धि को प्राप्त कराता है उस-उस को प्राप्त कर ही लेता है।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवः सदाशिवः।
न गुरोरधिकः कश्चित् त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥56॥
दिव्यज्ञानोपदेष्टारं देशिकं परमेश्वरम्।
पूजयेत् परया भक्त्या तस्य ज्ञानफलं भवेत् ॥57॥

यथा गुरुस्तथैवेशो यथैवेशस्तथा गुरुः ।
पूजनीयो महाभक्त्या न भेदो विद्यतेऽनयोः ॥58॥
नाद्वैतवादं कुर्वीत गुरुणा सह कुत्रचित् ।
अद्वैतं भावयेद्भक्त्या गुरोर्देवस्य चात्मनः ॥59॥

गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही सदाशिव देव हैं। (अच्युत है ?) गुरु से बढ़कर तीनों लोकों में कोई है ही नहीं। दिव्य परमज्ञान का उपदेश करने वाले परम मार्गदर्शक, परमेश्वरस्वरूप, गुरु को सदैव परमभक्ति के साथ पूजना चाहिए, तभी ज्ञान का फल प्राप्त किया जा सकता है। जैसे गुरु हैं वैसे ही ईश्वर हैं और जैसे ईश्वर हैं, वैसे ही गुरु हैं। बड़ी भक्ति से वे पूजनीय हैं। उन दोनों के बीच हम तो कोई भेद नहीं जानते। ईश्वर और गुरु की अद्वैतता की बात कभी गुरु के आगे नहीं करनी चाहिए, किन्तु उस अद्वैत की भावना मन में तो नित्य रखनी ही चाहिए। गुरु, देव और स्वयं का अद्वैत भाव मन में हमेशा रखना चाहिए।

योगशिखां महागुह्यं यो जानाति महामतिः ।
न तस्य किञ्चिदज्ञातं त्रिषु लोकेषु विद्यते ॥60॥
न पुण्यपापे नास्वस्थो न दुःखं न पराजयः ।
न चास्ति पुनरावृत्तिरस्मिन् संसारमण्डले ॥61॥

जो महाबुद्धिशाली मनुष्य योगशिखा के इस परमगुह्य ज्ञान को जानता है, उसके लिए तीनों लोकों में कोई भी बात अनजानी नहीं रह जाती। उस पर पुण्य-पाप का कोई प्रभाव नहीं पड़ता : वह कभी अस्वस्थ नहीं होता। उसको कभी न दुःख होता है, न कभी उसकी पराजय ही होती है। इस संसार मण्डल में उसे फिर कभी आना नहीं पड़ता।

सिद्धौ चित्तं न कुर्वीत चञ्चलत्वेन चेतसः ।
तथा विज्ञाततत्त्वोऽसौ मुक्त एव न संशयः ॥62॥ इत्युपनिषत् ।

इति पञ्चमोऽध्यायः ।

चित्त की चंचलता से प्रेरित होकर कभी भी सिद्धि प्राप्त करने की बुद्धि नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार जिसने तत्त्व को जान लिया है वह मुक्त ही है, इसमें कोई संशय नहीं है। ऐसा यह उपनिषद् कहती है।

यहाँ पर पाँचवाँ अध्याय पूरा होता है ।

❋

षष्ठोऽध्यायः

उपासनाप्रकारं मे ब्रूहि त्वं परमेश्वर ।
येन विज्ञानमात्रेण मुक्तो भवति संसृतेः ॥1॥
उपासनाप्रकारं ते रहस्यं श्रुतिसारकम् ।
हिरण्यगर्भ वक्ष्यामि श्रुत्वा सम्यगुपासय ॥2॥
सुषुम्नायै कुण्डलिन्यै सुधायै चन्द्रमण्डलात् ।
मनोन्मन्यै नमस्तुभ्यं महाशक्त्यै चिदात्मने ॥3॥

ब्रह्माजी ने कहा—"हे परमेश्वर ! अब आप मुझे उपासना का प्रकार बताइए, कि जिसके ज्ञानमात्र से मनुष्य संसार से छुटकारा पा सकता है।" तब शंकर ने कहा—"हे हिरण्यगर्भ ! सभी वेदों के साररूप उपासना प्रकार को मैं तुम्हें बता रहा हूँ, उस परम रहस्य को सुनकर तुम उसकी अच्छी तरह से उपासना करो। उपासना का मंत्र यह है—"चिदात्मरूप, महाशक्तिरूप, चन्द्रमण्डल से निकली सुधारूप, मनोन्मनी कुण्डलिनी सुषुम्नारूप तुमको मैं नमस्कार करता हूँ।"

शतं चैका च हृदयस्य नाड्यस्तासां मूर्धानमभिनिःसृतैका ।
तयोर्ध्वमायन्नमृतत्वमेति विष्वङ्ङन्या उत्क्रमणे भवन्ति ॥4॥
एकोत्तरं नाडिशतं तासां मध्ये परा स्मृता ।
सुषुम्ना तु परे लीना विरजा ब्रह्मरूपिणी ॥5॥
इडा तिष्ठति वामेन पिङ्गला दक्षिणेन तु ।
तयोर्मध्ये परं स्थानं यस्तद्वेद स वेदवित् ॥6॥

हृदयप्रदेश में एक सौ एक नाड़ियाँ स्थित हैं। उनमें से एक मूर्धा (ब्रह्मरन्ध्र) तक पहुँची हुई है। उस नाड़ी के द्वारा ऊपर चढ़ते हुए मनुष्य अमृतत्व को प्राप्त करता है। अन्य जो नाड़ियाँ हैं, वे वहाँ से निकलकर शरीर में सर्वत्र फैल गई हैं। इस शरीर में एक सौ एक नाड़ियाँ हैं, उनमें से यह मुख्य नाड़ी (परा नाड़ी) है, वह सुषुम्ना है, वह परतत्त्व में लीन, ब्रह्मरूपिणी और विरजा है। इस सुषुम्ना के बाँयें भाग में इडा नाडी है और दाहिने भाग में पिंगला नाड़ी स्थित है। इन दोनों के बीच में सुषुम्ना का परम स्थान है। उसे जो जानता है वह वेदों का जानकार माना जाता है।

प्राणान् संधारयेत् तस्मिन् नासाभ्यन्तरचारिणः ।
भूत्वा तत्रायतप्राणः शनैरेव समभ्यसेत् ॥7॥
गुदस्य पृष्ठभाग[illegible]स्मिन् वीणादण्डः स देहभृत् ।
दीर्घास्थिदेहपर्यन्तं ब्रह्मनाडीति कथ्यते ॥8॥
तस्यान्ते सुषिरं सूक्ष्मं ब्रह्मनाडीति सूरिभिः ।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्ना सूर्यरूपिणी ॥9॥

इडा-पिंगला के बीच के उस स्थान में, नाक के भीतर संचार करते हुए प्राणवायुओं को धारण करना चाहिए। इसमें साधक को वहाँ प्राणों को धीरे-धीरे आयत बढ़ाते-बढ़ाते आगे गति करानी चाहिए। इस शरीर में गुदा के पीछे के भाग में देह को धारण करने वाला पूरे देहपर्यन्त एक लम्बी अस्थि स्थित है, वह वीणादण्ड है। उसे ब्रह्मनाड़ी कहते हैं। उसके अन्त में बहुत छिद्रों वाला जो सूक्ष्म स्थान है, उसे ही विद्वान् लोग ब्रह्मनाड़ी कहते हैं। इडा और पिंगला के बीच में सूर्यरूपिणी सुषुम्ना नाड़ी है।

सर्वं प्रतिष्ठितं तस्मिन् सर्वगं सर्वतोमुखम् ।
तस्य मध्यगताः सूर्यसोमाग्निपरमेश्वराः ॥10॥
भूतलोका दिशः क्षेत्राः समुद्राः पर्वताः शिलाः ।
दीपाश्च निम्नगा वेदाः शास्त्रविद्याकलाक्षराः ॥11॥
स्वरमन्त्रपुराणानि गुणाश्चैते च सर्वशः ।
बीजं बीजात्मकस्तेषां क्षेत्रज्ञः प्राणवायवः ॥12॥

इस पूर्वोक्त सुषिर (सूक्ष्म छिद्रयुक्त स्थान) में चारों ओर मुखवाला सर्वत्र गतिशील यह सब कुछ प्रतिष्ठित हुआ है। इसके बीच के प्रदेश में सूर्य, सोम, अग्नि और परमेश्वर स्थित हैं। सभी भूतों के लोक, सभी दिशाएँ, सभी क्षेत्र, समुद्र, पर्वत, शिलाएँ, द्वीप, नदियाँ, शास्त्र, विद्या, कला, अक्षर, स्वर, मंत्र, पुराण और सभी गुण—इन सबके बीज इसमें हैं, वह क्षेत्रज्ञ सबका बीजरूप है। इसमें सभी प्राणवायु विद्यमान हैं।

सुषुम्नान्तर्गतं विश्वं तस्मिन् सर्वं प्रतिष्ठितम्।
नानानाडीप्रसवगं सर्वभूतान्तरात्मनि ॥13॥
ऊर्ध्वमूलमधःशाखं वायुमार्गेण सर्वगम्।
द्विसप्ततिसहस्राणि नाड्यः स्युर्वायुगोचराः ॥14॥
सर्वमार्गेण सुषिरास्तिर्यञ्चः सुषिरात्मकाः।
अधश्चोर्ध्वं च कुण्डल्याः सर्वद्वारनिरोधनात् ॥15॥

सारा विश्व इस सुषुम्ना के अन्तर्गत है। इसी में सब कुछ प्रतिष्ठित है। इसी में से तरह-तरह की नाड़ियाँ उत्पन्न होती हैं और अन्य सभी भूत उत्पन्न होते हैं। इसका मूल ऊपर की ओर है और शाखाएँ निम्न भाग में हैं। वायु के मार्ग से वह सभी जगह गति करता है। बहत्तर हजार नाड़ियाँ वायु की गोचर (विषय) बनी हुई हैं। ये नाड़ियाँ सभी मार्गों में छिद्र वाली हैं, तिरछी हैं, छिद्रात्मक हैं, कुण्डलिनी के ऊपर-नीचे के सभी द्वारों का निरोध होने से वे इसी प्रकार की हुई हैं।

वायुना सह जीवोर्ध्वज्ञानान्मोक्षमवाप्नुयात्।
ज्ञात्वा सुषुम्नां तद्भेदं कृत्वा पायुं च मध्यगम् ॥16॥
कृत्वा तु चैन्दवस्थाने घ्राणरन्ध्रे निरोधयेत्।
द्विसप्ततिसहस्राणि नाडीद्वाराणि पञ्जरे ॥17॥
सुषुम्ना शाम्भवी शक्तिः शेषास्त्वन्ये निरर्थकाः।
हल्लेखे परमानन्दे तालुमूले व्यवस्थिते ॥18॥
अत ऊर्ध्वं निरोधे तु मध्यमं मध्यमध्यमम्।
उच्चारयेत् परां शक्तिं ब्रह्मरन्ध्रनिवासिनीम्।
यदि भ्रमरसृष्टिः स्यात् संसारभ्रमणं त्यजेत् ॥19॥

जीव शक्तिरूप (कुण्डलिनीरूप) प्राणवायु के सहारे ऊर्ध्व का ज्ञान प्राप्त करके मोक्ष को प्राप्त करता है। योगी को सुषुम्ना को और उसके भेद को जानकर, पायु को मध्य में रखकर, प्राणवायु का मध्य में निरोध करने से यह फल होता है। इस शरीररूपी पंजर में बहत्तर हजार नाड़ी द्वार हैं। उनमें सुषुम्ना ही शांभवी शक्ति है। शेष सब तो निरर्थक हैं। उन नाड़ियों के भ्रूमध्य में आए हुए ऐन्दव स्थान में, घ्राण के छेद में, हल्लेख में, तालुमूल में व्यवस्थित परमात्मा में निरोध कर देना चाहिए और फिर उसके भी आगे निरोध करते-करते मध्यम का (अर्थात् तुरीय का) और मध्यमध्यम को (अर्थात् तुर्यतुरीय को) लक्ष्य करके पराशक्ति का उच्चारण करना चाहिए। (षोडशमात्रा के समय तक प्रणवप्रकृति का उच्चारण करना चाहिए)। वह पराशक्ति ब्रह्मरन्ध्र में रहती है (क्योंकि सोलह संख्यापूरक मात्रा पराभूमि है अत: उसका आसन ब्रह्मरन्ध्र है)। वहाँ पर भी यदि भ्रमर दृष्टि हो (कामसंकल्पादि सृष्टि हो), तो आज्ञाचक्र को ही पकड़े रहकर संसारभ्रमण को धैर्य से छोड़ देना चाहिए।

गमागमस्थं गमनादिशून्यं चिद्रूपदीपं तिमिरान्धकारम्।
पश्यामि ते सर्वजनान्तरस्थं नमामि हंसं परमात्मरूपम् ॥20॥
अनाहतस्य शब्दस्य तस्य शब्दस्य यो ध्वनिः।
ध्वनेरन्तर्गतं ज्योतिर्ज्योतिषोऽन्तर्गतं मनः।
तन्मनो विलयं याति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥21॥

इसके बाद, अन्त:करणवृत्तियों के आने-जाने को प्रकाशित करने वाले और स्वयं वास्तव में गमनादि से रहित और गाढ़ अन्धकार के सामने चिद्रूप दीपशिखा जैसे, सभी मनुष्यों के अन्तस् में स्थित परमात्मरूप हंस का मैं ध्यान करता हूँ। जो अनाहत शब्द की ध्वनि है, उसकी भी जो ध्वनि है, उस ध्वनि के भीतर ज्योति है, उस ज्योति के भीतर मन है। वह मन भी जहाँ विलय होता है, वही विष्णु का परमपद है (यह परमात्म ध्यान है)।

केचिद्वदन्ति चाधारं सुषुम्ना च सरस्वती।
आधाराज्जायते विश्वं विश्वं तत्रैव लीयते ॥22॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन गुरुपादं समाश्रयेत्।
आधारशक्तिनिद्रायां विश्वं भवति निद्रया ॥23॥
तस्यां शक्तिप्रबोधेन त्रैलोक्यं प्रतिबुध्यते।
आधारं यो विजानाति तमसः परमश्नुते ॥24॥
तस्य विज्ञानमात्रेण नरः पापैः प्रमुच्यते ॥25॥

कुछ लोग सरस्वती और सुषुम्ना को विश्व का आधार मानते हैं। उस आधार से ही विश्व उत्पन्न होता है और आधार में ही लय हो जाता है। इसलिए सभी प्रयत्नों से गुरुचरणों का आश्रय लेना चाहिए। क्योंकि उस आधारशक्ति की निद्रा में यह विश्व भी निद्रा से युक्त हो गया है। (गुरुकृपा द्वारा) उस शक्ति का जागरण हो जाने से तीनों लोक जाग्रत् हो जाते हैं। जो मनुष्य इस आधार को जान लेता है, वह तमस् के परे जो तत्त्व है, उसे प्राप्त कर लेता है। उसके विज्ञान मात्र से ही मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है।

आधारचक्रमहसा विद्युत्पुञ्जसमप्रभा।
तदा मुक्तिर्न सन्देहो यदि तुष्टः स्वयं गुरुः ॥26॥
आधारचक्रमहसा पुण्यपापे निकृन्तयेत्।
आधारवातरोधेन लीयते गगनान्तरे ॥27॥
आधारवातरोधेन शरीरं कम्पते यदा।
आधारवातरोधेन योगी नृत्यति सर्वदा।
आधारवातरोधेन विश्वं तत्रैव दृश्यते ॥28॥

यदि गुरु स्वयं परितुष्ट हो जाए तब तो उस आधारचक्र के तेज से विद्युत्पुंज के समान आभावाली मुक्ति हो ही जाती है, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। आधारचक्र के तेज से वह पुण्य और पाप को नष्ट कर देता है। आधारवात के रोध से (आधाराब्रह्म में प्राणादि का विलय कर देने से) सब कुछ आकाश में लय हो जाता है, उससे मानो शरीर काँपने लगता है, उससे योगी सदैव नाचने लगता है, उसी आधारवात के रोध से सारा विश्व उस आधार में ही दिखाई देता है।

सृष्टिराधारमाधारमाधारे सर्वदेवताः ।
आधारे सर्ववेदाश्च तस्मादाधारमाश्रयेत् ॥29॥
आधारे पश्चिमे भागे त्रिवेणीसंगमो भवेत् ।
तत्र स्नात्वा च पीत्वा च नरः पापात् प्रमुच्यते ॥30॥
आधारे पश्चिमं लिङ्गं कवाटं तत्र विद्यते ।
तस्योद्घाटनमात्रेण मुच्यते भवबन्धनात् ॥31॥
आधारपश्चिमे भागे चन्द्रसूर्यौ स्थिरौ यदि ।
तत्र तिष्ठति विश्वेशो ध्यात्वा ब्रह्ममयो भवेत् ॥32॥

यह सृष्टि अपने आधार को (परमतत्त्व को) अवलम्बित करके ही आधाररूप बनी है। इसी मूल आधार में सभी देवता हैं, इसी आधार पर सब वेद भी अवलम्बित हैं। इसलिए इस मूल आधार का ही आश्रय लेना चाहिए। इस मूलाधार के पश्चिम भाग में इडा, पिंगला और सुषुम्ना का त्रिवेणी संगम होता है। वहाँ स्नान करके, पानी पीकर मनुष्य पाप से मुक्त हो जाता है। उस आधार के पश्चिमलिंग (प्रत्यक्चैतन्य) और उसका कवाट (आवरक ग्रन्थित्रय) आया हुआ है। उस आवरण का उद्घाटन करने मात्र से मनुष्य भवबन्धन से मुक्त हो जाता है। उस मूलाधार के पश्चिम भाग में (सुषुम्ना में) यदि चन्द्र और सूर्य अवस्थित रहे हों (स्थिर रहें) तो वहाँ विश्वेश्वर प्रतिष्ठित हो जाते हैं। उस विश्वेश का ध्यान करने से योगी ब्रह्ममय हो जाता है।

आधारपश्चिमे भागे मूर्तिस्तिष्ठति संज्ञया ।
षट् चक्राणि च निर्भिद्य ब्रह्मरन्ध्राद्बहिर्गतम् ॥33॥
वामदक्षे निरुद्धन्ति प्रविशन्ति सुषुम्नया ।
ब्रह्मरन्ध्रं प्रविश्यन्ति ते यान्ति परमां गतिम् ॥34॥

आधार के पश्चिम भाग में ब्रह्मादि की (उस-उस चक्र के अलंकारभूत) जो मूर्तियाँ हैं, उनका ध्यान करते हुए साधक छः चक्रों को भेदकर ब्रह्मरन्ध्र से (सुषुम्नारन्ध्र से) पहले जो बाहर था, ऐसे प्राण को वाम-दक्ष में (इडा और पिंगला में) सर्वप्रथम तो रोकता है (प्राण का निरोध करता है) और बाद में सुषुम्ना के द्वारा क्रमशः वे प्राणादि ब्रह्मरन्ध्र में सहस्रारचक्र से उज्ज्वल तुरीय को प्राप्त होते हैं। इस प्रकार वे लोग परमगति को प्राप्त करते हैं।

सुषुम्नायां यदा हंसः अध ऊर्ध्वं प्रधावति ।
सुषुम्नायां यदा प्राणं भ्रामयेद्यो निरन्तरम् ॥35॥
सुषुम्नायां यदा प्राणः स्थिरो भवति धीमताम् ।
सुषुम्नायां प्रवेशेन चन्द्रसूर्यौ लयं गतौ ॥36॥
तदा समरसं भावं यो जानाति स योगवित् ।
सुषुम्नायां यदा यस्य म्रियते मनसो रयः ॥37॥

जब सुषुम्ना में यह प्राण ऊपर-नीचे दौड़ता रहता है और सुषुम्ना में जब मनुष्य प्राण को निरन्तर घुमाता ही रहता है, इसके विपरीत जिन बुद्धिमानों का प्राण सुषुम्ना में स्थिर रहता है और जब सुषुम्ना में प्रवेश करके सूर्य और चन्द्र विलीन हो गए हों। तब जो मनुष्य समरस (चिद्घन) भाव को जान लेता है, वह यथार्थ योग को जानने वाला है। तब ऐसे मनुष्य के मन का वेग सुषुम्ना में मर जाता है।

सुषुम्नायां यदा योगी क्षणैकमपि तिष्ठति ।
सुषुम्नायां यदा योगी क्षणार्धमधितिष्ठति ॥38॥
सुषुम्नायां यदा योगी सुलग्नो लवणाम्बुवत् ।
सुषुम्नायां यदा योगी लीयते क्षीरनीरवत् ॥39॥
भिद्यते च तदा ग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते परमाकाशे ते यान्ति परमां गतिम् ॥40॥

योगी सुषुम्ना में एक क्षणभर भी रहता है, योगी सुषुम्ना में आधा क्षण भी यदि रहता है और योगी सुषुम्ना में पानी में नमक की तरह अच्छी तरह से संलग्न होकर रहे, तो उन सभी कालों में वह दूध में पानी की तरह मिला ही रहता है। उस समय उसकी जीव (इसके भेद) की ग्रन्थि टूट जाती है, उसके सभी संशय कट जाते हैं, परमाकाश में वे सब क्षीण हो जाते हैं। ऐसे योगी परमगति को प्राप्त करते हैं।

गङ्गायां सागरे स्नात्वा नत्वा च मणिकर्णिकाम् ।
मध्यनाडीविचारस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥41॥
श्रीशैलदर्शनान्मुक्तिर्वाराणस्यां मृतस्य च ।
केदारोदकपानेन मध्यनाडीप्रदर्शनात् ॥42॥
अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च ।
सुषुम्नाध्यानयोगस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥43॥
सुषुम्नायां यदा गोष्ठीं यः कश्चित् कुरुते नरः ।
स मुक्तः सर्वपापेभ्यो निःश्रेयसमवाप्नुयात् ॥44॥

गंगा में और सागर में स्नान किया जाए, और मणिकर्णिका पर स्नान और नमन किया जाए, तो भी वह इस मध्यमनाड़ी सुषुम्ना के चिन्तन की सोलहवीं कला जितना भी पुण्यप्रद नहीं होता। श्रीशैल के दर्शन से मुक्ति मिलती है, काशी में मरण से मुक्ति मिलती है, केदार के जल के पीने से भी मुक्ति मिलती है और मध्यमनाड़ी (सुषुम्ना) के दर्शन से भी वैसी ही मुक्ति मिल जाती है। हजारों अश्वमेध यज्ञ किए जाएँ, सैंकड़ों वाजपेय यज्ञ किए जाएँ, लेकिन वे सब सुषुम्ना के ध्यान की सोलहवीं कला जैसे भी स्वल्पांश में भी योग्य नहीं ठहर सकते। जो कोई भी मनुष्य सदैव सुषुम्ना के विषय में विचार-विमर्श करता रहता है, वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है और निःश्रेयस की प्राप्ति कर लेता है।

सुषुम्नैव परं तीर्थं सुषुम्नैव परो जपः ।
सुषुम्नैव परं ध्यानं सुषुम्नैव परा गतिः ॥45॥
अनेकयज्ञदानानि व्रतानि नियमानि च ।
सुषुम्नाध्यानलेशस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥46॥

सुषुम्ना ही परम तीर्थ है, सुषुम्ना ही परम जप है, सुषुम्ना ही परम ध्यान है, सुषुम्ना ही परम गति है। अनेक यज्ञ, दान, व्रत, नियम, ये सब सुषुम्ना के थोड़े से ध्यान की भी सोलहवीं कला (सोलहवें भाग) के बराबर नहीं हो सकते।

ब्रह्मरन्ध्रे महास्थाने वर्तते सततं शिवा ।
चिच्छक्तिः परमा देवी मध्यमे सुप्रतिष्ठिता ॥47॥

मायाशक्तिर्ललाटाग्रभागे व्योमाम्बुजे तथा ।
नादरूपा परा शक्तिर्ललाटस्य तु मध्यमे ॥48॥
भागे बिन्दुमयी शक्तिर्ललाटस्यापरांशके ।
बिन्दुमध्ये च जीवात्मा सूक्ष्मरूपेण वर्तते ॥49॥
हृदये स्थूलरूपेण मध्यमे न तु मध्यमे ॥50॥

ब्रह्मरन्ध्र के बड़े स्थान में सदैव चिति शक्ति रहती है। वह मंगलकारिणी देवी मध्यनाड़ी में सुषुम्ना में सुप्रतिष्ठित होती है। जो माया शक्ति है, वह ललाट के आगे के भाग में है। और आकाश (हृदयाकाश) के कमल में नादरूप पराशक्ति है, तथा ललाट के बीच के भाग में बिन्दुमयी शक्ति अवस्थित हैं और ललाट के ऊपर भाग में बिन्दु के बीच स्थूल रूप में जीवात्मा रहता है। वह जीव मध्यम हृदय में रहता है पर वह भौंहों के मध्य में सरकता नहीं है।

प्राणापानवशो जीवो ह्यधश्चोर्ध्वं च धावति ।
वामदक्षिणमार्गेण चञ्चलत्वान्न दृश्यते ॥51॥
आक्षिप्तो भुजदण्डेन यथोच्चलति कन्दुकः ।
प्राणापानसमाक्षिप्तस्तथा जीवो न विश्रमेत् ॥52॥
अपानः कर्षति प्राणं प्राणोऽपानं च कर्षति ।
हकारेण बहिर्याति सकारेण विशेत् पुनः ॥53॥
हंसहंसेत्यमुं मन्त्रं जीवो जपति सर्वदा ।
तद्विद्वानक्षरं नित्यं यो जानाति स योगवित् ॥54॥

जीव प्राण और अपान के वश में आकर ऊपर और नीचे बाँए और दाँयें मार्ग पर दौड़ता ही रहता है, पर वह चंचल होने से देखा नहीं जा सकता। जिस तरह हाथ से उछाली गई गेंद एकदम उछलती है, उसी प्रकार प्राण और अपान से फेंका गया यह जीव कभी भी आराम प्राप्त नहीं करता। अपान प्राण को खींचता रहता है और प्राण अपान को खींचता रहता है। हकार से प्राण बाहर निकलता है और सकार से फिर भीतर प्रवेश करता है। इस प्रकार जीव 'हंस हंस'—ऐसा मंत्र जपता रहता है। इस अक्षर को जो विद्वान् जानता है, वह नित्य योगविद् ही है।

कन्दोर्ध्वे कुण्डली शक्तिर्मुक्तिरूपाथ योगिनाम् ।
बन्धनाय च मूढानां यस्तां वेत्ति स योगवित् ॥55॥

जब यह कुण्डली अपने स्थान (कन्द) से ऊपर जाती है, तब यह कुण्डलिनी शक्ति योगियों के लिए मुक्तिरूप होती है। और अपने स्थान को नहीं छोड़ने वाली यह मूढ़ों की कुण्डलिनी बन्धन-कारक ही होती है, ऐसा जो जानता है, वह योगवित् कहा जाता है।

भूर्भुवःस्वरिमे लोकाश्चन्द्रसूर्याग्निदेवताः ।
यासु मात्रासु तिष्ठन्ति तत् परं ज्योतिरोमिति ॥56॥
त्रयः कालास्त्रयोः देवास्त्रयो लोकास्त्रयः स्वराः ।
त्रयो वेदाः स्थिता यत्र तत् परं ज्योतिरोमिति ॥57॥

भूः, भुवः और स्वः—ये तीन लोक हैं और चन्द्र, सूर्य और अग्नि उनके देवता हैं। और ये सब जिन मात्राओं में रहते हैं, उन मात्राओं से युक्त परम ज्योति 'ओम्' है। तीन काल हैं, तीन देव

हैं, तीन लोक हैं, तीन स्वर हैं, तीन वेद हैं—ये सब जिसमें रहते हैं, वह परम ज्योतिस्वरूप 'ओम्' है।

चित्ते चलति संसारो निश्चलं मोक्ष उच्यते ।
तस्माच्चित्तं स्थिरीकुर्यात् प्रज्ञया परया विधे ॥58॥
चित्तं कारणमर्थानां तस्मिन् सति जगत्त्रयम् ।
तस्मिन् क्षीणे जगत् क्षीणं तच्चिकित्स्यं प्रयत्नतः ॥59॥

जब चित्त चलता रहता है, तभी संसार होता है, और जब चित्त निश्चल हो जाता है, तब मोक्ष होता है। हे विधि ! इसलिए बड़ी तीक्ष्ण (परम) बुद्धि से चित्त को वश में लाना चाहिए। सभी विषयों का कारण चित्त ही है। यह चित्त है इसीलिए तो ये तीन लोक (जगत्) हैं। चित्त के क्षीण हो जाने से सारा जगत् क्षीण हो जाता है, इस बात का प्रयत्नपूर्वक विचार करते रहना चाहिए।

मनोऽहं गगनाकारं मनोऽहं सर्वतोमुखम् ।
मनोऽहं सर्वमात्मा च न मनः केवलः परः ॥60॥
मनः कर्माणि जायन्ते मनो लिप्यति पातकैः ।
मनश्चेदुन्मनीभूयान्न पुण्यं न च पातकम् ॥61॥
मनसा मन आलोक्य वृत्तिशून्यं यदा भवेत् ।
ततः परं परब्रह्म दृश्यते च सुदुर्लभम् ॥62॥
मनसा मन आलोक्य मुक्तो भवति योगवित् ।
मनसा मन आलोक्य उन्मन्यन्तं सदा स्मरेत् ॥63॥

मैं तो गगनाकार व्यापक मन हूँ, मैं तो चारों ओर मुखवाला मन हूँ, मैं तो सर्वरूप मन हूँ, यह मन नहीं, केवल एक परम पुरुष ही है, वह मैं हूँ। जो कर्म उत्पन्न होते हैं, वह मन ही है, जो पापों से लिप्त होता है, वह मन ही है। वह मन यदि 'उन्मन' हो जाए (मनरहित हो जाए) तो फिर न कोई पुण्य है, न कोई पाप ही है। जब मनुष्य मन से ही मन को देखकर मन को वृत्तियों से शून्य बना देता है, तब वह परम दुर्लभ परब्रह्म दिखाई देता है। योग को जानने वाला साधक मन को मन से ही देखकर मुक्त हो जाता है। मन से मन को जहाँ तक उन्मनीभाव हो वहाँ तक हमेशा देखते रहना चाहिए, स्मरण (चिन्तन) करते रहना चाहिए।

मनसा मन आलोक्य योगनिष्ठः सदा भवेत् ।
मनसा मन आलोक्य दृश्यन्ते प्रत्यया दश ॥64॥
यदा प्रत्यया दृश्यन्ते तदा योगीश्वरो भवेत् ॥65॥
बिन्दुनादकलाज्योतिरबिन्दुर्ध्रुवतारकम् ।
शान्तं च तदतीतं च परं ब्रह्म तदुच्यते ॥66॥

मन से मन का अवलोकन करते हुए हमेशा योगनिष्ठ रहना चाहिए। मन को मन से देखते हुए दश प्रत्यय जब एक दिखाई देते हैं, जब ऐसा प्रत्यय दीख पड़ता है, तब साधक योगीश्वर हो जाता है। बिन्दु, नाद, कला, ज्योति, रवि, इन्दु, ध्रुव, तारक और शान्ततत्त्व—जो उन सबसे अतीत है वह परब्रह्म कहा जाता है। अपने अज्ञान की दृष्टि में जो ये दस प्रत्यय पहले थे वह परब्रह्म ही है, ऐसा प्रत्यय जब होता है, तब ब्रह्मसाक्षात्कार होता है, यह यहाँ तात्पर्य है।

हसत्युल्लसति प्रीत्या क्रीडते मोदते तदा ।
तनोति जीवनं बुद्ध्या बिभेति सर्वतो भयात् ॥67॥
रोधते बुध्यते शोके मुह्यते नवसम्पदा ।
कम्पते शत्रुकार्येषु कामेन रमते हसन् ॥68॥
स्मृत्वा कामरतं चित्तं विजानीयात् कलेवरे ।
यत्र देशे वसेद्वायुश्चित्तं तद्वसते ध्रुवम् ॥69॥
मनश्चन्द्रो रविर्वायुर्दृष्टिरग्निरुदाहृतः ।
बिन्दुनादकला ब्रह्मन् विष्णुब्रह्मेशदेवताः ॥70॥

प्राण और चित्त के अनिवार्य साहचर्य से मनुष्य हँसता है, उल्लसित होता है, प्रेम से खेलता है, आनन्द करता है, बुद्धि से जीवन को आगे बढ़ाता है, चारों ओर भय से डरता रहता है, शोक से रुकता है, नवीन संपदा से और शोक से मोहित होता है, शत्रुओं के कार्यों में काँपता है, कामना में हँसता हुआ रमण करता है, शरीर में कामना में रत इस चित्त को स्मृति से जान लेना चाहिए, कि जिस प्रदेश में वायु बसता है, उसी प्रदेश में चित्त भी अवश्य ही बसता है। मन चन्द्र है, वायु सूर्य है, और दृष्टि अग्नि है, ऐसा कहा गया है। हे ब्रह्माजी ! इसी प्रकार बिन्दु, नाद और कला भी क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु और महेश देवता ही हैं।

सदा नादानुसन्धानात् संक्षीणा वासना भवेत् ।
निरञ्जने विलीयेत मरुन्मनसि पद्मज ॥71॥
यो वै नादः स वै बिन्दुस्तद्वै चित्तं प्रकीर्तितम् ।
नादो बिन्दुश्च चित्तं च त्रिभिरैक्यं प्रसाधयेत् ॥72॥
मन एव हि बिन्दुश्च उत्पत्तिस्थितिकारणम् ।
मनसोत्पद्यते बिन्दुर्यथा क्षीरं घृतात्मकम् ॥73॥

सदैव नादानुसन्धान करते रहने से वासना एकदम क्षीण हो जाती है। हे ब्रह्माजी ! तब निरंजन (निष्कलंक) मन में वायु विलीन हो जाता है। जो नाद है वही बिन्दु है और वही चित्त है। नाद, बिन्दु और चित्त—इन तीनों का ऐक्य साधना चाहिए। और मन ही बिन्दु है, वह उत्पत्ति और स्थिति का कारण है। मन से ही बिन्दु की उत्पत्ति होती है। जैसे दूध घृतमय (घृत का कारण) है, वैसे ही मन बिन्दु का कारण है।

षट् चक्राणि परिज्ञात्वा प्रविशेत् सुखमण्डलम् ।
प्रविशेद्वायुमाकृष्य तथैवोर्ध्वं नियोजयेत् ॥74॥
वायुं बिन्दुं तथा चक्रं चित्तं चैव समभ्यसेत् ।
समाधिनैकेन सममृतं यान्ति योगिनः ॥75॥

छः चक्रों को जानकर (भेदकर) सुख मण्डल में (मनोविलय) में प्रवेश करना चाहिए। इसके लिए वायु को भीतर खींचकर उसका ऊपर के प्रदेश में विनियोजन करना चाहिए। वायु, बिन्दु, चक्र और चित्त का अच्छी तरह अभ्यास करना चाहिए। ऐसा करके योगी लोग एक ही समाधि के द्वारा समरूप अमृत को प्राप्त करके कृतकृत्य हो जाते हैं।

यथाग्निर्दारुमध्यस्थो नोत्तिष्ठेन्मथनं विना ।
विना चाभ्यासयोगेन ज्ञानदीपस्तथा न हि ॥76॥

घटमध्ये यथा दीपो बाह्ये नैव प्रकाशते ।
भिन्ने तस्मिन् घटे चैव दीपज्वालावभासते ॥77॥
स्वकायं घटमित्युक्तं यथा जीवो हि तत्पदम् ।
गुरुवाक्यसमं भिन्ने ब्रह्मज्ञानं प्रकाशते ॥78॥
कर्णधारं गुरुं प्राप्य तद्वाक्यं प्लववद्दृढम् ।
अभ्यासवासनाशक्त्या तरन्ति भवसागरम् ॥79॥ इत्युपनिषत् ।

इति षष्ठोऽध्यायः ।

इति योगशिखोपनिषत्समाप्ता ।

जिस तरह काष्ठ में रहने वाला अग्नि मन्थन के बिना प्रकट नहीं होता, इसी प्रकार अभ्यासरूपी योग के बिना ज्ञानरूपी दीपक प्रज्वलित नहीं हो सकता। जिस तरह घड़े के बीच में रखा गया दीपक घट से बाहर प्रकाश नहीं देता और उसी घड़े को फोड़ देने से दीप की ज्वाला दिखाई पड़ती है उसी प्रकार हमारा शरीर घड़े जैसा कहा गया है और जीव ही तत्पद है और गुरुवाक्य के समान भेदन से ही वह ब्रह्म (जो जीवरूप में पहले प्रकाशित नहीं था वही) प्रकाशित हो उठता है। इसलिए कर्णधार-रूप गुरु के पास जाकर उनके वाक्यरूपी नाव में अभ्यास के संस्कारों से युक्त होकर शिष्य लोग इस भवसागर को पार कर जाते हैं।

यहाँ छठा अध्याय पूरा हुआ होता है।

इस प्रकार योगाशिखोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ.....मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(66) तुर्यातीतावधूतोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

शुक्लयजुर्वेदीय इस उपनिषद् में केवल एक वड़ी कण्डिका में आदिनारायण और ब्रह्माजी के संवाद के रूप में तुर्यातीत-अवधूत का आचारविचार, वर्तन आदि बताया है। इस उपनिषत् को 'तुर्यातीतोपनिषत्' भी कहते हैं। आदिनारायण के बताए हुए इस मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन का परमलक्ष्य (मोक्ष) प्राप्त कर सकता है। उपनिषत् के अन्त में इस उपनिषत् की महत्ता का कथन है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं—पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पैंगलोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ तुरीयातीतावधूतानां कोऽयं मार्गस्तेषां का स्थितिरिति सर्वलोकपितामहो भगवन्तं पितरमादिनारायणं परिसमेत्योवाच। तमाह भगवान् नारायणः। योऽयमवधूतमार्गस्थो लोके दुर्लभतरो न तु बाहुल्यो यद्येको भवति स एव नित्यपूतः, स एव वैराग्यमूर्तिः, स एव ज्ञानाकारः, स एव वेदपुरुष इति ज्ञानिनो मन्यन्ते। महापुरुषो यस्तच्चित्तं मय्येवावतिष्ठते। अहं च तस्मिन्नेवावस्थितः। सोऽयमादौ तावत् क्रमेण कुटीचको बहूदकत्वं प्राप्य, बहूदको हंसत्वमवलम्ब्य, हंसः परमहंसो भूत्वा, स्वरूपानुसन्धानेन सर्वप्रपञ्चं विदित्वा, दण्डकमण्डलुकटिसूत्रकौपीनाच्छादनं स्वविध्युक्तक्रियादिकं सर्वमप्सु संन्यस्य, दिगम्बरो भूत्वा, विवर्णजीर्णवल्कलाजिनपरिग्रहमपि सन्त्यज्य, तदूर्ध्वममन्त्रवदाचरन्, क्षौराभ्यङ्गस्नानोर्ध्वपुण्ड्रादिकं विहाय, लौकिकवैदिकमप्युपसंहृत्य, सर्वत्र पुण्यापुण्यवर्जितो ज्ञानाज्ञानमपि विहाय, शीतोष्णसुखदुःखमानावमानं निर्जित्य, वासनात्रयपूर्वकं निन्दाऽनिन्दागर्वमत्सरदम्भदर्पेच्छाद्वेषकामक्रोधलोभमोहहर्षामर्षासूयात्मसंरक्षणादिकं दग्ध्वा, स्ववपुः कुणपाकारमिव पश्यन्, अयत्नेनानियमेन लाभालाभौ समौ कृत्वा, गोवृत्त्या प्राणसन्धारणं कुर्वन् यत् प्राप्तं तेनैव निर्लोलुपः, सर्वविद्यापाण्डित्यप्रपञ्चं भस्मीकृत्य, स्वरूपं गोपयित्वा, ज्येष्ठाज्येष्ठत्वानपलापकः, सर्वोत्कृष्टत्वसर्वात्मकत्वाद्वैतं कल्पयित्वा, मत्तो व्यतिरिक्तः कश्चिन्नान्योऽस्तीति भावयन्, देवगुह्यादिधनमात्मन्युपसंहृत्य, दुःखेन नोद्विग्नः, सुखेन नानुमोदकः, रागे निःस्पृहः, सर्वत्रशुभाशुभयोरनभिस्नेहः,

सर्वेन्द्रियोपरमः, स्वपूर्वापन्नाश्रमाचारविद्याधर्मप्राभवमननुस्मरन्, त्यक्तवर्णाश्रमाचारः, सर्वदा दिवानक्तसमत्वेनास्वप्नः, सर्वत्र सर्वदा संचारशीलः, देहमात्रावशिष्टः, जलस्थलकमण्डलुः, सर्वदानुन्मत्तो बालोन्मत्तपिशाचवदेकाकी संचरन्, असंभाषणपरः स्वरूपध्यानेन निरालम्बमवलम्व्य, स्वात्मनिष्ठानुकूल्येन सर्वं विस्मृत्य, तुरीयातीतोऽवधूतवेषेणाद्वैतनिष्ठापरः, प्रणवात्मकत्वेन देहत्यागं करोति यः सोऽवधूतः स कृतकृत्यो भवतीत्युपनिषत् ॥1॥

इति तुर्यातीतावधूतोपनित्समाप्ता।

सर्वलोक के पितामह ब्रह्मा जी ने भगवान् आदिनारायण पिता के पास जाकर पूछा कि—"तुरीयातीत अवधूतों का यह कौन-सा मार्ग है और उनकी स्थिति कैसी होती है ?" तब भगवान् नारायण ने कहा कि—जो यह अवधूत के मार्ग में रहता है, वह तो इस लोक में दुर्लभ है, उन (अवधूतों) का बाहुल्य नहीं होता। और यदि एकाध कहीं मिलता है, तो वह तो सदैव पवित्र होता है, वही वैराग्यमूर्ति होता है, वही ज्ञानस्वरूप होता है, वही देवपुरुष होता है, ऐसा ज्ञानी लोग मानते हैं। वह महापुरुष होता है, उसका चित्त मुझमें ही रहता है और मैं भी तो उसी में रहा हुआ हूँ। वह यह पहले तो कुटीचक होता है, उसमें से बहूदकत्व प्राप्त करके और बहूदक होकर हंसत्व को प्राप्त करके और हंस से फिर परमहंस होकर के स्वरूपानुसन्धान से इस सभी जगत् को जानकर दण्ड, कमण्डलु, कटिमेखला, कौपीन, आच्छादनवस्त्र और अपनी विधि की (योग्य) क्रिया आदि का सबका पानी में संन्यास (त्याग) करके दिगम्बर (निर्वस्त्र) होकर, रंगहीन, पुराने फटे-फूटे वल्कल, चर्म, आदि के परिग्रह को भी छोड़कर इसके बाद मंत्ररहित की तरह आचरण करता हुआ, क्षौर, अभ्यंग, स्नान, ऊर्ध्वपुण्ड्र आदि को छोड़कर, लौकिक-वैदिक सब कुछ समेटकर पुण्य-अपुण्य से रहित और सर्वत्र ज्ञान-अज्ञान को भी छोड़कर, शीत, उष्ण, सुख, दुःख, मान, अपमान आदि पर विजय प्राप्त करके, तीनों वासनाओं के साथ निन्दा, अनिन्दा, गर्व, मत्सर, दम्भ, द्वेष, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अमर्ष, असूया, आत्मरक्षण आदि को जलाकर अपने शरीर को मुर्दे की तरह मानते हुए प्रयत्न और नियम के बिना लाभ और अलाभ को समान बनाकर, गोवृत्ति से (जो कुछ मिल जाए उसी से) ही प्राणों को टिकाए रखकर निर्लोलुप होकर, सर्वविद्या और पाण्डित्य के प्रपंच को भस्म करके, अपने वास्तविक स्वरूप को छिपाकर, पहले के छोटे-बड़े के भाव को दिखावे को दूर न करते हुए अपने में ही सर्वोत्कृष्टता और सर्वात्मकत्वरूप अद्वैत की कल्पना (भावना) करके 'मेरे सिवा अन्य कोई है ही नहीं'—ऐसा मानते हुए वह देव, गुरु आदि को अपने ही भीतर समेटकर दुःख में खिन्न नहीं होता और सुख में प्रसन्न भी नहीं होता। वह कहीं राग-आसक्ति नहीं करता। वह सभी जगह (शुभ और अशुभ में) स्नेह नहीं रखता। वही सभी इन्द्रियों के उपरम वाला (संयम वाला) होता है। वह अपने पूर्व के आश्रम, धर्म, विद्या, प्रभाव आदि का स्मरण नहीं करता और वर्णाश्रम के आचारों का परित्याग कर देता है। वह रात और दिन को समान मानता है। अतः बिना निद्रा के सदा सर्वत्र भ्रमण करता रहता है। वह शरीरमात्र से ही यहाँ अवशिष्ट है। शेष वास्तव में तो वह ब्रह्मरूप ही हो गया हुआ है। जलाशय

ही उसका कमण्डलु होता है। यों भीतर तो वह सदा अनुन्मत्त ही रहता है, परन्तु, बाहर से वह बालक, उन्मत्त और पिशाच की तरह अकेला ही घूमता रहता है। वह किसी से कुछ भी बोलता नहीं है। अपने स्वरूप के ध्यान में वह निरालम्ब (परब्रह्म) का अवलम्बन करके अपनी आत्मनिष्ठा के योग्य ही शेष का सब कुछ भूलकर जो तुरीयातीत अवधूत का वेश धारण करके सतत अद्वैत निष्ठापरायण रहता है। और प्रणवभाव में निमज्जन करता हुआ अपने देह का त्याग करता है और कृतकृत्य हो जाता है। यही इस उपनिषत् का प्रतिपादन है।

इस प्रकार तुर्यातीतावधूतोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं----पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

(67) संन्यासोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह सामवेदीय उपनिषद् दो अध्यायों में बँटी हुई है। प्रथम अध्याय में संन्यास का स्वरूप और उसकी ग्रहण-पद्धति तथा आचार आदि का विशद विवरण है। दूसरा अध्याय बहुत बड़ा है जिसमें साधनचतुष्टय से लेकर संन्यासाधिकार का विशद वर्णन है। इसमें संन्यासी के चार प्रकार बताए हैं—1. वैराग्य संन्यासी, 2. ज्ञान संन्यासी, 3. ज्ञान-वैराग्य संन्यासी और 4. कर्म संन्यासी। और आगे चलकर छः प्रकार के संन्यासियों का क्रम बताया गया है। ये हैं—कुटीचक, बहूदक, हंस, परमहंस, तुरीयातीत और अवधूत। इसी के अनुपात में उपनिषत्कार ने आत्मज्ञान की स्थिति और स्वरूप भी बताया है। संन्यासी के आचरण एवं यदृच्छया प्राप्त भोजन में परितोष आदि का भी कथन किया गया है। आत्मचिन्तन, प्रणवजप आदि से युक्त मनुष्य को मोक्ष का अधिकारी कहा गया है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि----ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोऽध्यायः

हरि ॐ अथातः संन्यासोपनिषदं व्याख्यास्यामः। योऽनुक्रमेण संन्यस्यति स संन्यस्तो भवति। कोऽयं संन्यास उच्यते? कथं संन्यस्तो भवति? य आत्मानं क्रियाभिर्गुप्तं करोति मातरं पितरं भार्यां पुत्रान् बन्धूननुमोदयित्वा ये चास्यर्त्विजस्तान् सर्वांश्च पूर्ववद्वृणीत्वा वैश्वानरेष्टिं निर्वपेत्। सर्वस्वं दद्यात् यजमानस्य। गा ऋत्विजः। सर्वैः पात्रैः समारोप्य यदाहवनीये गार्हपत्ये वान्वाहार्यपचने सभ्यावसथ्ययोश्च प्राणापानव्यानोदानसमानान् सर्वान् सर्वेषु समारोपयेत्। सशिखान् केशान् विसृज्य यज्ञोपवीतं छित्त्वा पुत्रं दृष्ट्वा, त्वं यज्ञस्त्वं सर्वमित्यनुमन्त्रयेत्। यद्यपुत्रो भवत्यात्मानमेवेमं ध्यात्वाऽनवेक्षमाणः प्राचीमुदीचीं वा दिशं प्रव्रजेत्। चतुर्षु वर्णेषु भैक्षचर्यं चरेत्। पाणिपात्रेणाशनं कुर्यादौषधवदशनमाचरेदौषधवदशनं प्राश्नीयाद्यथालाभमश्नीयात् प्राणसंधारणार्थं यथा मेदोवृद्धिर्न जायते। कृशो भूत्वा ग्राम एकरात्रम्, नगरे पञ्चरात्रम्, चतुरो मासान् वार्षिकान् ग्रामे वा नगरे वापि वसेत्। पक्षा वै मासो इति द्वौ मासौ वा वसेत्। विशीर्णवस्त्रं वल्कलं वा

प्रतिगृह्णीयात्, नान्यत् प्रतिगृह्णीयात्, यद्यशक्तो भवति क्लेशतस्तप्यते तप इति। यो वा एवं क्रमेण संन्यस्यति, यो वा एवं पश्यति, किमस्य यज्ञोपवीतं कास्य शिखा कथं वास्योपस्पर्शनमिति। तं होवाच। इदमेवास्य यज्ञोपवीतं यदात्मध्यानम्, या विद्या सा शिखा, नीरैः सर्वत्रावस्थितैः कार्यं निर्वर्तयन्नुदरपात्रेण। जलतीरे निकेतनम्। ब्रह्मवादिनो वदन्त्यस्तमित आदित्ये कथं चास्योपस्पर्शनमिति। तान् होवाच यथाहानि तथा रात्रौ नास्य नक्तं न दिवा। तदप्येतदृषिणोक्तम्। सकृद्दिवा हैवास्मै भवतीति। य एवं विद्वानेतेनात्मानं सन्धत्ते ॥1॥

इति प्रथमोऽध्यायः।

अब हम संन्यासोपनिषद् की व्याख्या कर रहे हैं। जो मनुष्य क्रमानुसार जगत् का त्याग करता है, वह संन्यासी होता है। यह संन्यास क्या है ? संन्यास कैसे होता है ? जो आत्मोन्नति के लिए माता-पिता, पत्नी-पुत्र, तथा भाई की अनुमति लेकर पूर्वोक्त क्रियाओं को छोड़ देता है, जो नित्य के नियमानुसार ऋत्विजों को मान-सम्मान देते हुए वैश्वानरयाग करता हो, उसे इस पावन प्रसंग पर सब कुछ का दान कर देना चाहिए। और ऋज्विज को पात्रों के साथ उस सभी सामग्री का होम कर देना चाहिए। संन्यासी को चाहिए कि वह आहवनीय, गार्हपत्य और दक्षिणाग्नि—तीनों अग्नियों तथा सभ्य और आवसथ्य अग्नि को प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान—इन पाँचों वायुओं में आरोपित कर दे। उसे शिखासहित केशों का मुण्डन करा देना चाहिए। उपवीत को छोड़ देना चाहिए। पुत्र को देखकर कहना चाहिए कि 'तुम यज्ञरूप हो, तुम सर्वस्वरूप हो।' यदि पुत्र न हो तो उसे अपनी आत्मा को ही ऐसा उपदेश देकर पूर्व या उत्तर दिशा में चला जाना चाहिए। चारों वर्णों से भिक्षा स्वीकार करनी चाहिए। भोजन को औषधि मानना चाहिए। हाथ को ही पात्र बनाकर उसमें खाना चाहिए। जितना मिले उतना ही खाना चाहिए। केवल प्राणधारण की दृष्टि से ही खाना चाहिए, कि जिससे चर्बी न बढ़े। दुबले-पतले शरीर वाले रहकर उसे गाँव में एक रात, नगर में पाँच रात रहना चाहिए। चातुर्मास में एक ही गाँव या नगर में रुक जाना चाहिए। अथवा तो पखवारे को ही मास मानकर दो महीनों तक ठहर जाना चाहिए। फटे-पुराने वस्त्रों को या वल्कल को ही धारण करना चाहिए। अन्य वस्त्र नहीं रखना चाहिए। अशक्त होकर भी इसे सहना तप कहा जाता है। जो इस प्रकार क्रम से संन्यासी होता है उसके लिए तो क्या यज्ञोपवीत ? क्या शिखा ? कैसा आचमन ? इन प्रश्नों के उत्तर ये हैं कि आत्मध्यान ही संन्यासी का यज्ञोपवीत है, विद्या ही उसकी शिखा (चोटी) है, सभी जगह में प्राप्त जल के लिए पेट ही उस संन्यासी का पात्र है तथा जलाशय का तट ही उसका आश्रयस्थान होता है। ब्रह्मवादी लोग कहते हैं, कि उसके लिए सूर्य का अस्ताचल की ओर गमन करने पर आचमन किस तरह होता है ? तो इसका उत्तर यह है कि इस प्रकार के संन्यासी के लिए रात और दिन एक समान ही होते हैं। उसके लिए न रात होती है न दिन होता है। जो संन्यासी (अथवा साधक भी) सतत अपने आत्मानुसन्धान में ही लगा रहता है उसके लिए सदैव दिन ही है, ऐसा ऋषि ने कहा है।

यहाँ प्रथम अध्याय पूरा हुआ।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

चत्वारिंशत्संस्कारसंपन्नः सर्वतो विरक्तश्चित्तशुद्धिमेत्याशासूयेर्ष्याहङ्कारं दग्ध्वा साधनचतुष्टयसम्पन्न एव संन्यस्तुमर्हति ॥1॥

चालीस संस्कारों से युक्त, सभी तरह (पूर्णरूप) से विरक्त, चित्तशुद्धि को प्राप्त करके आशा, असूया, ईर्ष्या और अहंकार को जलाकर चार साधनों (विवेक, वैराग्य, षट्सम्पत्ति और मुमुक्षुत्व) से युक्त होकर मनुष्य संन्यास का अधिकारी बन सकता है।

संन्यासे निश्चयं कृत्वा पुनर्न च करोति यः।
स कुर्यात् कृच्छ्मात्रं तु पुनः संन्यस्तुमर्हति ॥2॥
संन्यासं पातयेद्यस्तु पतितं न्यासयेत्तु यः।
संन्यासविघ्नकर्ता च त्रीनेतान् पतितान् विदुः ॥3॥

जो साधक संन्यास लेने का एक बार निश्चय करके फिर संन्यास नहीं लेता, वह बड़े-बड़े तपव्रत करके ही बाद में संन्यास लेने योग्य बनता है। जो संन्यासी अपने पतन से संन्यास का पतन कर डालता है (संन्यास को लज्जास्पद बनाता है) और जो ऐसे पतित गिरे हुए को संन्यास की दीक्षा देता है, वह अथवा जो संन्यासधर्मग्रहण में बाधा डालता है वह—ये तीनों बड़े पापी समझे जाते हैं।

अथ षण्डः पतितोऽङ्गविकलः स्त्रैणो बधिरोऽर्भको मूकः पाषण्डश्चक्री लिङ्गी कुष्ठी वैखानसहरद्विजौ भृतकाध्यापकः शिपिविष्टोऽनग्निको नास्तिको वैराग्यवन्तोऽप्येते न संन्यासार्हाः। संन्यस्ता यद्यपि महावाक्योपदेशे नाधिकारिणः ॥4॥

नपुंसक, पतित, विकलांग, स्त्री जैसे स्वभाववाला, बधिर, बालक, बकवास करने वाला, पाखण्डी, कुचक्र (कौभाण्ड) करने वाला, कोढ़ी, वैखानस और भ्रष्ट ब्राह्मण, वेतनभोगी अध्यापक, अजितेन्द्रिय, अग्निहोत्र से वंचित और नास्तिक—ये लोग विरक्त हो गए हों, तो भी संन्यास दीक्षा के लिए योग्य नहीं हैं। यदि उन्हें संन्यास कदाचित् दिया भी जाए, तो भी वे महावाक्यों के उपदेश के लिए तो अधिकारी हैं ही नहीं।

आरूढपतितापत्यं कुनखी श्यावदन्तकः।
क्षयी तथाङ्गविकलो नैव संन्यस्तुमर्हति ॥5॥
संप्रत्यवसितानां च महापातकिनां तथा।
व्रात्यानामभिशस्तानां संन्यासं नैव कारयेत् ॥6॥
व्रतयज्ञतपोदानहोमस्वाध्यायवर्जितम्।
सत्यशौचपरिभ्रष्टं संन्यासं नैव कारयेत्।
एते नार्हन्ति संन्यासमातुरेण विना क्रमम् ॥7॥

आरूढ़ होकर पतित हुए मनुष्य की सन्तान, निकृष्ट नख से युक्त, मैले दुर्गन्धी दाँत वाले, क्षयरोगी, विकलांग, आदि लोग संन्यास धर्म की दीक्षा लेने योग्य नहीं हैं। जो मनुष्य व्रत, यज्ञ, तप, दान, होम और स्वाध्याय से रहित हैं, सत्य और पवित्रता से रहित हैं, ऐसे मनुष्यों को संन्यास की दीक्षा नहीं देनी चाहिए। परन्तु ऐसे लोग यदि चाहें तो आतुर संन्यासी हो सकते हैं, परन्तु संन्यास के नियमानुसार तो ऐसे लोग संन्यासी नहीं हो सकते।

ॐ भूः स्वाहेति शिखामुत्पाट्य यज्ञोपवीतं बहिर्न निवसेत्। यशो बलं ज्ञानं वैराग्यं मेधां प्रयच्छेति यज्ञोपवीतं छित्त्वा ॐ भूः स्वाहेत्यप्सु वस्त्रं कटिसूत्रं च विसृज्य संन्यस्तं मयेति त्रिवारमभिमन्त्रयेत् ॥8॥

'ॐ भूः स्वाहा' यह मंत्र पढ़कर शिखा (चोटी) को पहले दूर कर दे। उस समय यज्ञोपवीत को यों ही रहने दे। बाद में—'हे यज्ञ! आप हमें यश, बल, ज्ञान, वैराग्य और मेधा दो'—ऐसा मंत्र कहकर यज्ञोपवतीत को काटकर बाद में 'ॐ भूः स्वाहा'—इस मंत्र को बोलकर वस्त्र और कटि-मेखला को पानी में विसर्जित करके 'मैंने संन्यास ले लिया' इस मंत्र का तीन बार उच्चारण करे।

संन्यासिनं द्विजं दृष्ट्वा स्थानाच्चलति भास्करः।
एष मे मण्डलं भित्त्वा परं ब्रह्माधिगच्छति ॥9॥
षष्टिं कुलान्यतीतानि षष्टिमागामिकानि च।
कुलान्युद्धरते प्राज्ञः संन्यस्तमिति यो वदेत् ॥10॥
ये च संतानजा दोषा ये दोषा देहसंभवाः।
प्रैषाग्निर्निर्दहेत् सर्वांस्तुषाग्निरिव काञ्चनम् ॥11॥
सखा मा गोपायेति दण्डं परिग्रहेत् ॥12॥

संन्यासी बने हुए द्विज को देखकर सूर्य भी अपने स्थान से चलायमान होने लगता है। क्योंकि उसे लगता है कि कहीं यह द्विज (संन्यासी) मेरे मण्डल को भेदकर ब्रह्म को प्राप्त हो जाएगा। जो ब्राह्मण संन्यासी, 'मैं संन्यासी हो गया हूँ'—ऐसा स्वीकृति-कथन करता है, वह अपने से पहले की साठ पीढ़ियों को और आने वाली साठ पीढ़ियों को भवसागर से पार करा देता है। संन्यासी के जो संततिजन्य दोष हैं और जो अपने शरीरजन्य दोष हैं, उन सभी को वह जैसे तुषों से उत्पन्न किया गया अग्नि सुवर्ण की मलिनता को दूर कर देता है, वैसे ही दूर कर देता है। और 'हे सखा! तुम हमारी रक्षा करो'—ऐसा कहकर दण्ड को धारण करना चाहिए।

दण्डं तु वैणवं सौम्यं सत्वचं समपर्वकम्।
पुण्यस्थलसमुत्पन्नं नानाकल्मषशोधितम् ॥13॥
अदग्धमहतं कीटैः पर्वग्रन्थिविराजितम्।
नासादघ्नं शिरस्तुल्यं भ्रुवोर्वा बिभृयाद्यतिः ॥14॥
दण्डात्मनोस्तु संयोगः सर्वथा तु विधीयते।
न दण्डेन विना गच्छेदिषुक्षेपत्रयं बुधः ॥15॥

वह दण्ड उत्तम बाँस का होना चाहिए। वह सीधा, छालसहित, समसंख्यायुक्त गाँठों वाला होना चाहिए। वह किसी पवित्र स्थान में उगा होना चाहिए। उसमें किसी भी प्रकार का दाग-धब्बा आदि नहीं होना चाहिए। वह जला हुआ और कीड़ों आदि के द्वारा खाया हुआ भी नहीं होना चाहिए। वह गाँठों के साथ होना चाहिए। और लम्बाई में वह नासिका या शिखा या भौंहों तक की लम्बाई वाला होना चाहिए।

जगज्जीवनं जीवनाधारभूतं मा ते मा मन्त्रयस्व सर्वदा सर्वसौम्येति कमण्डलुं परिगृह्य योगपट्टाभिषिक्तो भूत्वा यथासुखं विहरेत् ॥16॥

संन्यासी कमण्डलु को हाथ में लेते हुए यह (मंत्र) कहे कि—"हे सौम्य! तुम तो जगत् के जीवन के आधारभूत जल को धारण करने वाले हो। तुम मुझसे मंत्रणा करते रहो।" यह कहकर कमण्डलु को हाथ में लेकर योगपट्ट में सुशोभित होकर सुखानुभव करते हुए हुए यत्र-तत्र कहीं भी विहार करे।

त्यज धर्ममधर्मं च उभे सत्यानृते त्यज।
उभे सत्यानृते त्यक्त्वा येन त्यजसि तत् त्यज ॥17॥

संन्यासी को सभी प्रकार के धर्म और अधर्म का, सत्य और असत्य का त्याग ही कर देना चाहिए। और इसके बाद जिस मन से धर्माधर्म और सत्यासत्य का त्याग कर दिया है, उस मन का भी त्याग ही कर देना चाहिए।

वैराग्यसंन्यासी ज्ञानसंन्यासी ज्ञानवैराग्यसंन्यासी कर्मसंन्यासी चेति चातुर्विध्यमुपागतः ॥18॥

संन्यासी के चार भेद बताए गए हैं—(1) वैराग्य संन्यासी, (2) ज्ञान संन्यासी, (3) ज्ञानवैराग्य संन्यासी और (4) कर्म संन्यासी।

तद्यथेति। दृष्टानुश्रविकविषयवैतृष्ण्यमेत्य प्राक्पुण्यकर्मवशात् संन्यस्तः, स वैराग्यसंन्यासी ॥19॥

दृष्ट (जागतिक) और आनुश्रविक (श्रुतिकथित) विषयों में तृष्णारहित होकर तथा पूर्वजन्मों के पुण्यकर्मों के परिणामस्वरूप वैराग्य उत्पन्न होने के कारण जो मनुष्य संन्यासधर्म ग्रहण कर लेता है, वह वैराग्य संन्यासी कहा जाता है।

शास्त्रज्ञानात् पापपुण्यलोकानुभवश्रवणात् प्रपञ्चो परतो देहवासनां शास्त्रवासनां लोकवासनां च त्यक्त्वा वमनान्नमिव प्रवृत्तिं सर्वां हेयां मत्वा साधनचतुष्टयसम्पन्नो यः संन्यस्यति, स एव ज्ञानसंन्यासी ॥20॥

शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त करके पापपुण्यादि सांसारिक विषयों को सुनकर जो 'जगत्प्रपंच' से उपरत हो गया हो (परे हो गया हो) और दैहिक वासना (पुत्र-धन-कीर्ति की वासना) तथा शास्त्रवासना तथा लोकव्यवहार की वासना छोड़कर सभी प्रकार की सांसारिक प्रवृत्तियों को वमन किए हुए अन्न की भाँति त्याज्य मानकर साधनचतुष्टय से (विवेक, वैराग्य, षट्संपत्ति और मुमुक्षुत्व से) युक्त होकर जो संन्यास लेता है, वह ज्ञानसंन्यासी कहा जाता है।

क्रमेण सर्वमभ्यस्य सर्वमनुभूय ज्ञानवैराग्याभ्यां स्वरूपानुसन्धानेन देह-मात्रावशिष्टः संन्यस्य जातरूपधरो भवति, स ज्ञानवैराग्य संन्यासी ॥21॥

जो मनुष्य क्रमानुसार सभी का अभ्यास करके सभी प्रकार के अनुभव लेकर बाद में ज्ञान और वैराग्य के द्वारा परमतत्त्व को भली-भाँति जानकर देहमात्र को ही जगत् में रहा हुआ मानकर जो संन्यास धर्म ग्रहण करता है, उसे ज्ञानवैराग्य संन्यासी कहा जाता है।

ब्रह्मचर्यं समाप्य गृही भूत्वा वानप्रस्थाश्रममेत्य वैराग्याभावेऽप्याश्रम-क्रमानुसारेण यः संन्यस्यति, स कर्मसंन्यासी ॥22॥

ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ—इन तीनों आश्रमों का क्रमानुसार पालन करने के बाद वैराग्य परिपक्व न होने पर भी शास्त्रों के नियमानुसार संन्यास ग्रहण कर लेना चाहिए, ऐसा मानकर जो संन्यास लेता है उसे कर्म संन्यासी कहा जाता है।

स संन्यासः षड्विधो भवति कुटीचकबहूदकहंसपरमहंसतुरीयातीतावधूताश्चेति ॥23॥

यह संन्यास छः भेद वाला होता है—(1) कुटीचक, (2) बहूदक, (3) हंस, (4) परमहंस, (5) तुरीयातीत और (6) अवधूत।

कुटीचकः शिखायज्ञोपवीती दण्डकमण्डलुधरः कौपीनशाटीकन्थाधरः पितृमातृगुर्वाराधनपरः पिठरखनित्रशिक्यादिमात्रसाधनपर एकत्रान्नादनपरः श्वेतोर्ध्वपुण्ड्रधारी त्रिदण्डः ॥24॥

कुटीचक संन्यासी अपने शरीर पर शिखा और यज्ञोपवीत को धारण किए रहता है। इसके अतिरिक्त वह दण्ड, कमण्डलु, कौपीन, चादर और कन्था (गुदड़ी) को भी धारण करता है। वह माता-पिता और गुरु की आराधना करता रहता है। बटलोई, कुदाली और छीका—बस इतने ही उपकरण वह अपने साथ रखता है। वह एक ही जगह पर भोजन करने वाला होता है। वह श्वेत ऊर्ध्वपुण्ड्र को धारण करता है और त्रिदण्ड को भी धारण करता है।

बहूदकः शिखादिकन्थाधरस्त्रिपुण्ड्रधारी कुटीचकवत् सर्वसमो मधुकरवृत्त्याष्टकवलाशी ॥25॥

बहूदक प्रकार का संन्यासी चोटी आदि को तथा कन्था (गुदड़ी) और त्रिपुण्ड्र को धारण किए रहता है। शेष तो सभी तरह पूर्वोक्त कुटीचक की तरह भिक्षा आदि से आजीविका चलाता है और वह केवल आठ ग्रास ही भोजन करता है।

हंसो जटाधारी त्रिपुण्ड्रोर्ध्वपुण्ड्रधार्यसंक्लृप्तमाधूकरान्नाशी कौपीनखण्डतुण्डधारी ॥26॥

और हंस प्रकार का संन्यासी जटाधारी होता है, वह ऊर्ध्वपुण्ड्र और त्रिपुण्ड्र—दोनों को धारण करता है। वह किसी अनजाने स्थान से ही भिक्षा माँगकर प्राप्त हुआ अन्न खाता है। वह शरीर पर केवल कौपीन ही धारण करता है।

परमहंसः शिखायज्ञोपवीतरहितः पञ्चगृहेषु करपात्र्येककौपीनधारी शाटीमेकामेकं वैणवं दण्डमेकशाटीधरो वा भस्मोद्धूलनपरः सर्वत्यागी ॥27॥

परमहंस संन्यासी शिखा और यज्ञोपवीत से रहित होता है। वह केवल पाँच घरों में भिक्षा को माँगकर हाथरूपी पात्र में ही खाता है। वह अपने पास एक चादर, एक लंगोटी और एक बाँस का दण्ड ही केवल रखता है। अथवा शरीर पर भस्म लगाकर केवल एक चादर ही अपने पास रखता है और सभी वस्तुओं का त्याग कर देता है।

तुरीयातीतो गोमुखवृत्त्या फलाहारी, अन्नाहारी चेद् गृहत्रये, देहमात्रावशिष्टो दिगम्बरः कुणपवच्छरीरवृत्तिकः ॥28॥

तुर्यातीत संन्यासी तो सब कुछ छोड़ देने वाला होता है। वह गोमुखवृत्ति वाला (यदृच्छया जो कुछ आ मिले उससे आजीविका चलाने वाला) होता है। अथवा तीन घरों से फलों या अन्न की भिक्षा से आजीविका चलाता है। वह अपना शरीर निर्वस्त्र (नग्न) ही रखता है। वह अपने शरीर को मरे हुए की तरह जान करके किसी तरह जीवन की वृत्ति को निभाता रहता है।

अवधूतस्त्वनियमः पतिताभिशस्तवर्जनपूर्वकं सर्ववर्णेष्वजगरवृत्त्याहारपरः स्वरूपानुसन्धानपरः ॥29॥

'अवधूत' नामक संन्यासी किसी भी तरह के नियम को नहीं मानता। पतित और निन्दित लोगों को छोड़कर अन्य सभी से वह आहार प्राप्त करके खाता है। वह अपने स्वरूप की खोज में ही सतत लगता रहता है। (वह सोचता रहता है कि—)

जगत् तावदिदं नाहं सवृक्षतृणपर्वतम्।
यद् बाह्यं जडमत्यन्तं तत् स्यां कथमहं विभुः।
कालेनाल्पेन विलयी देहो नाहमचेतनः ॥30॥

"यह जो वृक्ष, घास और पर्वत वाला जगत् है, वह मैं नहीं हूँ। जो बाह्य दिखाई पड़ता है, वह तो सब कुछ अति जड़ ही है। मैं व्यापक भला वह कैसे हो सकता हूँ। अत्यल्प काल में ही नष्ट हो जाने वाला अचेतन देह भी तो मैं नहीं हो सकता"।

जडया कर्णशष्कुल्या कल्यमानक्षणस्थया।
शून्याकृतिः शून्यभवः शब्दो नाहमचेतनः ॥31॥
त्वचा क्षणविनाशिन्या प्राप्योऽप्राप्योऽयमन्यथा।
चित्प्रसादोपलब्धात्मा स्पर्शो नाहमचेतनः ॥32॥
लब्धात्मा जिह्वया तुच्छो लोलया लोलसत्तया।
स्वल्पस्पन्दो द्रव्यनिष्ठो रसो नाहमचेतनः ॥33॥
दृश्यदर्शनयोर्लीनं क्षयि क्षणविनाशिनोः।
केवले द्रष्टरि क्षीणं रूपं नाहमचेतनः ॥34॥
नासया गन्धजडया क्षयिण्या परिकल्पितः।
पेलवोऽनियताकारो गन्धो नाहमचेतनः ॥35॥

"मैं (संन्यासी) केवल एक क्षणमात्र ही ठहरने वाला जडरूप शब्द (कर्णशष्कुली) जो स्वरूप (आत्मस्वरूप) से बिल्कुल शून्यस्वरूप वाला है, वह अचेतन मैं नहीं हूँ। क्षण में नष्ट और क्षण में पैदा होने वाली इस त्वचा से भी मैं अलग ही हूँ। मैं वह जड (अचेतन) स्पर्श भी नहीं हूँ। मैं तो चैतन्य के प्रभाव से आत्मानुभूति करता हूँ। चाञ्चल्ययुक्त मन और मनोयुक्त जीभ द्वारा उत्पन्न तुच्छ स्पन्दनशक्ति वाला रस भी मैं नहीं हूँ। इसी तरह दृश्य और दर्शन के विलीन हो जाने से नष्ट हो जाने वाला अचेतन (जड) अनुभव भी मैं नहीं हूँ। पदार्थ और घ्राणेन्द्रिय द्वारा परिकल्पित जो गन्ध है, वह भी तुच्छ है और जड ही है, वह मैं नहीं हूँ"।

निर्ममोऽमननः शान्तो गतपञ्चेन्द्रियभ्रमः।
शुद्धचेतन एवाहं कलाकलनवर्जितः ॥36॥
चैत्यवर्जितचिन्मात्रमहमेषोऽवभासकः।

सबाह्याभ्यन्तरव्यापी निष्कलोऽहं निरञ्जनः ।
निर्विकल्पचिदाभास एक एवास्मि सर्वगः ॥37॥
मयैव चेतनेनेमे सर्वे घटपटादयः ।
सूर्यान्ता अवभास्यन्ते दीपेनेवात्मतेजसा ॥38॥
मयैवैताः स्फुरन्तीह विचित्रेन्द्रियपङ्क्तयः ।
तेजसान्तःप्रकाशेन यथाग्निकणपङ्क्तयः ॥39॥

"मैं (संन्यासी) ममत्वहीन हूँ, मैं मननरहित हूँ, मैं शान्त हूँ, पाँच इन्द्रियों के भ्रम से विहीन हूँ, मैं शुद्धचैतन्य ही हूँ, मैं निरंश और निष्कलंक हूँ, मैं चैत्य (जागतिक विषयों से) रहित हूँ, मैं केवल चैतन्यात्मा ही हूँ, मैं सबका प्रकाशक हूँ, मैं बाहर और भीतर के सभी पदार्थों में व्याप्त हूँ' मैं कलारहित निरंजन, निर्विकल्प, चिद्घन, सर्वत्र व्याप्त रहने वाला आत्मतत्त्व ही हूँ। मुझ एक चेतन से ही घट-पट आदि ये सूर्य से लेकर सब पदार्थ, जिस प्रकार दीपक से पदार्थ प्रकाशित किए जाते हैं, उसी तरह प्रकाशित किए जाते हैं। सभी इन्द्रियों की विचित्र एवं तरह-तरह की वृत्तियाँ मेरे ही अन्तःकरण के प्रकाश से उत्पन्न होती हैं, मानों अग्नि से चिनगारियाँ निकल रही हों"।

अनन्तानन्दसंभोगा परोपशमशालिनी ।
शुद्धेयं चिन्मयी दृष्टिर्जयत्यखिलदृष्टिषु ॥40॥
सर्वभावान्तरस्थाय चैत्यमुक्तचिदात्मने ।
प्रत्यक्चैतन्यरूपाय मह्यमेव नमो नमः ॥41॥
विचित्राः शक्तयः स्वच्छाः समा या निर्विकारया ।
चिता क्रियन्ते समया कलाकलनमुक्तया ॥42॥
कालत्रयमुपेक्षित्र्या हीनायाश्चेत्यबन्धनैः ।
चितश्चैत्यमुपेक्षित्र्याः समतैवावशिष्यते ॥43॥

यह पवित्र चिन्मय दृष्टि, अनन्त है, आनन्द को भोग करने वाली, परम शान्ति देने वाली, शुद्ध और अन्य सभी दृष्टियों पर विजय प्राप्त करने वाली है। मेरा यह मुक्तात्मा सभी पदार्थों में अनुस्यूत और व्यापक है, वह चैत्य—जागतिक विषयों से मुक्त है, वह प्रत्यक् चैतन्यस्वरूप है, ऐसे स्वयं को ही मैं बार-बार नमस्कार करता हूँ। कला (अंश) और कल्पना से शून्य ऐसी चित्शक्ति से ही ये सब विचित्र, निर्मल और समान शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। यह चित्शक्ति तीनों कालों में सर्वाधिक शक्ति से युक्त और दृश्य जगत् के बन्धनों से मुक्त है। ऐसी चित्शक्ति में समता ही अवशिष्ट रहती है।

सा हि वाचामगम्यत्वादसत्तामिव शाश्वतीम् ।
नैरात्म्यसिद्धात्मदशामुपयातैव शिष्यते ॥44॥
ईहानीहामयैरन्तर्या चिदावलिता मलैः ।
सा चिन्नोत्पतितुं शक्ता पाशबद्धेव पक्षिणी ॥45॥
इच्छाद्वेषसमुत्थेन द्वन्द्वमोहेन जन्तवः ।
धराविवरमग्नानां कीटानां समतां गताः ॥46॥

वह वाणी से नहीं कही जा सकती। इसलिए वह शाश्वत असत्ता (शून्य) की भाँति ही निरात्मता की ही सिद्धि हो, ऐसी शेष रहती है (तात्पर्य यह है कि ज्ञानी की आत्मकल्पना तथा अज्ञानी की अनात्म

कल्पना—दोनों इसमें से दूर हो गई है, ऐसी निष्प्रतियोगिक ब्रह्म की स्थिति को ही यहाँ नैरात्म्य सिद्धान्त की दशा कहा है।) जो चित्शक्ति इच्छा और अनिच्छा में अवस्थित है, वह मलों से आच्छादित है, वह जाल में फँसी हुई पक्षिणी की तरह अक्षम है। इसलिए इच्छा-द्वेष से उत्पन्न हुए द्वन्द्वों के मोह से विवश ये तुच्छ प्राणी मानो धरती के छिद्रों में कीड़े ही हों, ऐसी समानता को प्राप्त हो गए हैं।

आत्मनेऽस्तु नमो मह्यमविच्छिन्नचिदात्मने ।
परामृष्टोऽस्मि बुद्धोऽस्मि प्रोदितोऽस्म्यचिरादहम् ॥47॥
उद्धृतोऽस्मि विकल्पेभ्यो योऽस्मि सोऽस्मि नमोऽस्तु मे ।
तुभ्यं मह्यमनन्ताय मह्यं तुभ्यं चिदात्मने ॥48॥
नमस्तुभ्यं परेशाय नमो मह्यं शिवाय च ।
तिष्ठन्नपि हि नासीनो गच्छन्नपि न गच्छति ।
शान्तोऽपि व्यवहारस्थः कुर्वन्नपि न लिप्यते ॥49॥
सुलभश्चायमत्यन्तं सुज्ञेयश्चाप्तबन्धुवत् ।
शरीरपद्मकुहरे सर्वेषामेव षट्पदः ॥50॥

मुझ अविच्छिन्न चिदात्मा को नमस्कार हो। मैं निरन्तर परम प्रत्यक्ष, प्रबुद्ध और सदोदित ही हूँ। मैं उद्धृत (परे) हूँ, अर्थात् विकल्पों से अतीत हूँ, मैं जो हूँ सो हूँ, कैसे भी मुझे नमस्कार हो। तुम्हें और मुझे तथा मुझे और तुम्हें—दोनों चिदात्मा को नमस्कार हो। परमेश्वर ऐसे तुझे नमस्कार हो, शिव ऐसे मुझे नमस्कार हो, जो बैठते हुए भी नहीं बैठता और जाता हुआ भी नहीं जाता। जो शान्त होते हुए भी व्यवहारों में रहा हुआ होता है और जो काम करता हुआ भी लिप्त नहीं होता। यह आत्मा सुप्राप्य है, इसलिए सुज्ञेय भी है और आत्मीय बन्धु जैसा है। और शरीररूपी कमलपुष्प में वह भ्रमर जैसा है।

न मे भोगस्थितौ वाञ्छा न मे भोगविसर्जने ।
यदायाति तदायातु यत् प्रयाति प्रयातु तत् ॥51॥
मनसा मनसि च्छिन्ने निरहंकारतां गते ।
भावेन गलिते भावे स्वस्थस्तिष्ठामि केवलः ॥52॥
निर्भावं निरहंकारं निर्मनस्कं निरीहितम् ।
केवलास्पन्दशुद्धात्मन्येव तिष्ठति मे रिपुः ॥53॥
तृष्णारज्जुगणं छित्त्वां मच्छरीरकपञ्जरात् ।
न जाने क्व गतोड्डीय निरहंकारपक्षिणी ॥54॥
यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
यः समः सर्वभूतेषु जीवितं तस्य शोभते ॥55॥

मुझे भोग की अवस्था में भी कोई वांछा नहीं है और भोग के अभाव में भी कोई वांछा नहीं है। जो आए वह भले ही आए और जो जाए तो भले ही जाता रहे। मन से मन को काटकर जब निरहंकारता को वह प्राप्त होगा, और जब भाव से भाव गलित हो गया है, तब तो मैं केवल स्वात्मा में ही अकेला अवस्थित रहता हूँ। मैं भावशून्य, अहंकारशून्य, मनःशून्य, चेष्टाशून्य, स्पन्दशून्य और केवल एकमात्र शुद्ध आत्मस्वरूप ही हूँ। कोई मेरा शत्रु नहीं है। मेरे शरीररूपी पिंजरे में रहने वाली निरहंकारितारूपी पक्षिणी तृष्णारूपी रस्सी के समूह को काटकर न मालूम कहाँ उड़कर चली गई ?

जिसमें अहंकार का कोई भाव नहीं है, जिसकी बुद्धि विषयों में लिप्त नहीं होती, जो सभी प्राणियों में समानता से रहता है, उसका जीवन शोभायमान होता है।

योऽन्तःशीतलया बुद्ध्या रागद्वेषविमुक्तया।
साक्षिवत् पश्यतीदं हि जीवितं तस्य शोभते ॥56॥
येन सम्यक् परिज्ञाय हेयोपादेयमुज्झता।
चित्तस्यान्तेऽर्पितं चित्तं जीवितं तस्य शोभते ॥57॥
ग्राह्यग्राहकसम्बन्धे क्षीणे शान्तिरुदेत्यलम्।
स्थितिमभ्यागता शान्तिर्मोक्षनामाभिधीयते ॥58॥
भृष्टबीजोपमा भूयो जन्माङ्कुरविवर्जिता।
हृदि जीवद्विमुक्तानां शुद्धा भवति वासना ॥59॥
पावनी परमोदारा शुद्धसत्त्वानुपातिनी।
आत्मध्यानमयी नित्या सुषुप्तिस्थेव तिष्ठति ॥60॥

जो मनुष्य रागद्वेषरहित और भीतर में शीतल (शान्त) बुद्धि से इस सारे जगत् को एक साक्षी की भाँति ही देखता है, उसका जीवन शोभायमान होता है। जिसने पूर्णज्ञान को प्राप्त करके 'हेय' और 'उपादेय' की बुद्धि को त्याग दिया है, और जिसने अपने चित्त को चित्त के भीतर ही अर्पित कर दिया है, उसका जीवन शोभायमान होता है। ग्राह्य और ग्राहक का सम्बन्ध विनष्ट हो जाने के बाद स्थायी शान्ति का उदय होता है। अतः इस स्थिति को ही मोक्ष नामक प्राप्तशान्ति कहा गया है। ऐसे जीवन्मुक्त की शुद्ध वासना को दग्धबीज की उपमा दी जाती है। दग्धबीज जैसे अंकुर प्रकट करने में असमर्थ होता है, वैसे ही उनकी पवित्र वासना सांसारिक अंकुरों को प्रकट नहीं करती। यह पतितपावन परमोदार शुद्ध सत्त्व को ही आत्मसात् करने वाली जीवन्मुक्त की वासना आत्मध्यानसम्पन्न और अपने नित्य स्वरूप में ही सर्वदा प्रतिष्ठित होने वाली होती है।

चेतनं चित्तरिक्तं हि प्रत्यक् चेतनमुच्यते।
निर्मनस्कस्वभावत्वान्न तत्र कलनामलम् ॥61॥
सा सत्यता सा शिवता सावस्था पारमात्मिकी।
सर्वज्ञता सा संतृप्तिर्ननु यत्र मनः क्षतम् ॥62॥
प्रलपन् विसृजन् गृह्णन्निम्मिषन्निमिषन्नपि।
निरस्तमननानन्दः संविन्मात्रपरोऽस्म्यहम् ॥63॥
मलं संवेद्यमुत्सृज्य मनो निर्मूलयन् परम्।
आशापाशानलं छित्त्वा संविन्मात्रपरोऽस्म्यहम् ॥64॥
अशुभाशुभसंकल्पः संशान्तोऽस्मि निरामयः।
नष्टेष्टानिष्टकलनः संविन्मात्रपरोऽस्म्यहम् ॥65॥

जब चैतन्यतत्त्व चित्त से शून्य हो जाए, तभी वह प्रत्यक् (भीतर का) आत्मतत्त्व कहा जाता है। जब उसका स्वरूप (चेतन का स्वरूप) निर्मनस्क (मनोरहित) हो जाता है तब उसमें किसी भी प्रकार का मोह आकलित (शामिल) नहीं होता है। वही सत्यता है, वही शिवस्वरूप है, वही परमात्ममय अवस्था है, वही सर्वज्ञता है, वही सन्तृप्ति है कि जहाँ मन खण्डित (बँटा हुआ, विभक्त) नहीं होता अर्थात् एक समान ही रहता है। (उसमें मेरे-तेरे का भेद नहीं होता।) यद्यपि मैं दिखावे में बकवास

करता हूँ, छोड़ता हूँ, लेता हूँ, आँखों को खोलता-बन्द किया करता हूँ फिर भी मैं पारमार्थिक रूप से तो वह संवित् ही हूँ कि जो समस्त मनोभावों को निरस्त किए हुए है और जो आनन्दस्वरूप है। जो संवेदनीय मल है, उसका त्याग करके मैं अपने मन को उखाड़ दूँगा (क्योंकि दोषों की संवेदनीयता का ही दूसरा नाम मन है)। आशारूपी फन्दों को काटकर मैं बस, केवल संविदरूप ही हूँ। शुभ और अशुभ संकल्पों से रहित होकर मैं परम शान्त और स्वस्थ स्थिति में हूँ। इष्टानिष्ट भावना को छोड़कर मैं केवल 'संवित्-चित्' आत्मस्वरूप ही हो गया हूँ।

आत्मतापरते त्यक्त्वा निर्विभागो जगत्स्थितौ।
वज्रस्तम्भवदात्मानमवलम्ब्य स्थिरोऽस्म्यहम् ॥66॥
निर्मलायां निराशायां स्वसंवित्तौ स्थितोऽस्म्यहम्।
ईहितानीहितैर्मुक्तो हेयोपादेयवर्जितः ॥67॥
कदान्तस्तोषमेष्यामि स्वप्रकाशपदे स्थितः।
कदोपशान्तमननो धरणीधरकन्दरे ॥68॥
समेष्यामि शिलासाम्यं निर्विकल्पसमाधिना।
निरंशध्यानविश्रान्तिमूकस्य मम मस्तके।
कदा तार्णं करिष्यन्ति कुलायं वनपत्रिणः ॥69॥
संकल्पपादपं तृष्णालतं छित्त्वा मनोवनम्।
विततां भुवमासाद्य विहरामि यथासुखम् ॥70॥

आत्मता और परता ('मेरा और तेरा') के भाव से मुक्त होकर, बँटवारे का भाव इस जगत् में छोड़कर वज्र के खम्भे की तरह केवल एक आत्मा का ही अवलम्बन करके मैं स्थिर होकर रहा हूँ। आशारहित स्वच्छ स्वसंवित् (अपने आत्मा) में स्थिर होकर मैं अवस्थित हूँ। मैं इष्ट और अनिष्ट से भी मुक्त हो चुका हूँ और त्याज्य और ग्राह्य के विषय से भी मैं मुक्त हो चुका हूँ। मुझे अन्तिम (शाश्वत) संतोष कब होगा ? मैं स्वप्रकाश आत्मा के स्थान में अवस्थित हो गया हूँ। अब मेरे मन की शान्ति कब होगी ? मैं अब किसी पर्वत की गुफा में निर्विकल्प समाधि के द्वारा शिला जैसी स्थिरता (पत्थर की समानता) को कब प्राप्त करूँगा ? अंशरहित निष्कल ब्रह्म का ध्यान करते हुए विश्रान्त और मूक बने हुए मेरे मस्तक पर वन के पक्षी भला कब अपने घोंसले बनाएँगे ? ऐसा निश्चल मैं कब बन सकूँगा ? और मैं तृष्णारूपी लता वाले और संकल्परूप वृक्षों वाले मनोवन को कब काट सकूँगा ?

पदं तदनु यातोऽस्मि केवलोऽस्मि जयाम्यहम्।
निर्वाणोऽस्मि निरीहोऽस्मि निरंशोऽस्मि निरीप्सितः ॥71॥
स्वच्छतोर्जितता सत्ता हृद्यता सत्यता ज्ञता।
आनन्दितोपशमता सदा प्रमुदितोदिता।
पूर्णतोदारता सत्या कान्तिसत्ता सदैकता ॥72॥
इत्येवं चिन्तयन् भिक्षुः स्वरूपस्थितिमञ्जसा।
निर्विकल्पस्वरूपज्ञो निर्विकल्पो बभूव ह ॥73॥

उस मनोवन को काटकर मैं इस विशाल धरती पर यथेच्छ विहार कर रहा हूँ। मैं उस अविनाशी पद का ही स्वरूप केवल (अद्वैत) अविनाशी ही हूँ। मैं जय प्राप्त किए हुए हूँ, मैं निर्वाणरूप हूँ, मैं अहंभाव या एषणा से रहित हूँ, मैं अखण्ड (अविभाज्य) हूँ, मैं इच्छारहित हूँ, मैं स्वच्छता, वीर्यवत्ता,

सत्ता, सत्यता और ज्ञानता—सब कुछ हो गया हूँ। इस प्रकार संन्यासी को आनन्द, उपशम, प्रसन्नता, पूर्णता, उदारता, सत्य, अद्वैतता, प्रमुदिता और उदिता आदि की भावना करते हुए अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित रहना चाहिए। निर्विकल्प स्वरूप की पूर्णतया जानकारी प्राप्त करके स्वयं निर्विकल्परूप बने रहना चाहिए।

आतुरो जीवति चेत् क्रमसंन्यासः कर्तव्यः। न शूद्रस्त्रीपतितोदक्या संभाषणम्। न यतेर्देवपूजा नोत्सवदर्शनम्। तस्मान्न संन्यासिन एष लोकः। आतुरकुटीचकयोर्भूर्लोकभुवर्लोकौ। बहूदकस्य स्वर्गलोकः। हंसस्य तपोलोकः। परमहंसस्य सत्यलोकः। तुरीयातीतावधूतयोः स्वात्मन्येव कैवल्यं स्वरूपानुसंधानेन भ्रमरकीटन्यायवत् ॥74॥

आतुर संन्यासी यदि संन्यास लेने की इच्छा से जीवित रहे तो उसे तभी क्रमसंन्यास प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। शूद्र, स्त्री, पदभ्रष्ट तथा रजस्वला से कभी संभाषण नहीं करना चाहिए। संन्यासी को कभी देवपूजन और किसी उत्सव में कभी जाना नहीं चाहिए। इसलिए यह लोक व्यवहार संन्यासी के लिए नहीं है। आतुर संन्यासी के लिए भूर्लोक और कुटीचक के लिए भुवर्लोक होता है। बहूदक का स्वर्गलोक होता है, हंस का तपोलोक और परमहंस का स्थान सत्यलोक होता है। तुरीयातीत तथा अवधूत कोटि के लोग भ्रमर और कीट की तरह अपने स्वरूप की खोज करते हुए केवल आत्मतत्त्व के रूप में प्रतिष्ठित हो जाते हैं।

स्वरूपानुसन्धानव्यतिरिक्तान्यशास्त्राभ्यास उष्ट्रकुङ्कुमभारवद्व्यर्थः। न योगशास्त्रप्रवृत्तिर्न सांख्यशास्त्राभ्यासो न मन्त्रतन्त्रव्यापारो नेतरशास्त्र-प्रवृत्तिर्यतेरस्ति; अस्ति चेच्छवालंकारवत्। कर्माचारविद्यादूरः। न परिव्राट् नामसंकीर्तनपरः। यद्यत् कर्म करोति तत्तत्फलमनुभवति। एरण्डतैलफेनवत् सर्वं परित्यजेत्। न देवताप्रसादग्रहणम्। न बाह्य-देवाभ्यर्चनं कुर्यात् ॥75॥

स्वरूपानुसन्धान के बिना अन्य शास्त्रों का अभ्यास संन्यासी के लिए ऊँट के ऊपर केसर कुंकुम का भार लादने जैसा ही व्यर्थ है। योगशास्त्र में भी उसकी प्रवृत्ति नहीं होती। सांख्यशास्त्र का अभ्यास भी उसके लिए आवश्यक नहीं है। और अन्य किसी मंत्रतंत्रादि में भी उसकी प्रवृत्ति होना योग्य नहीं है। यदि कोई संन्यासी ऐसा करता है, तो वह मृत के ऊपर आभूषणों को लगाने के बराबर है तथा संन्यासी के कर्म तथा विद्या के अनुकूल वह नहीं है। यह परिव्राजक नामसंकीर्तन-परायण भी नहीं होता। क्योंकि वह जो-जो कर्म करता है, उसका फल तो उसे भोगना ही होगा। इसलिए एरण्ड (रेडी) के तैल की फेन की तरह उसे सब कुछ छोड़ ही देना चाहिए। संन्यासी को किसी भी देवी-देवता का प्रसाद नहीं ग्रहण करना चाहिए। और किसी बाह्य देवता का पूजन भी नहीं करना चाहिए।

स्वव्यतिरिक्तं सर्वं त्यक्त्वा मधुकरवृत्त्याहारमाहरन् कृशो भूत्वा मेदो-वृद्धिमकुर्वन् विहरेत्। माधूकरेण करपात्रेणास्यपात्रेण वा कालं नयेत् ॥76॥

संन्यासी को अपने सिवा अन्य सभी वस्तुओं का त्याग कर देना चाहिए। और अपने हाथरूपी पात्र से मधुकरवृत्ति (भिक्षावृत्ति) से आजीविका चलानी चाहिए, जिससे कि उसके शरीर में चर्बी न बढ़

जाए। तथा उसको निरन्तर भ्रमण (विचरण) ही करते रहना चाहिए। अपने हाथरूपी पात्र के द्वारा तथा मुखरूपी पात्र द्वारा भिक्षा लेकर (खाकर) जीवन बिताना चाहिए।

आत्मसंमितमाहारमाहरेदात्मवान् यतिः।
आहारस्य च भागौ द्वौ तृतीयमुदकस्य च।
वायोः संचरणार्थाय चतुर्थमवशेषयेत् ॥77॥
भैक्षेण वर्तयेन्नित्यं नैकान्नाशी भवेत् क्वचित्।
निरीक्षन्ते त्वनुद्विग्नास्तद्गृहं यत्नतो व्रजेत् ॥78॥
पञ्चसप्तगृहाणां तु भिक्षामिच्छेत् क्रियावताम्।
गोदोहमात्रमाकाङ्क्षेन्निष्क्रान्तो न पुनर्व्रजेत् ॥79॥
नक्ताद्वरश्चोपवास उपवासादयाचितः।
अयाचिताद्वरं भैक्षं तस्माद्भैक्षेण वर्तयेत् ॥80॥
नैव सव्यापसव्येन भिक्षाकाले विशेद् गृहान्।
नातिक्रामेद् गृहं मोहाद्यत्र दोषो न विद्यते ॥81॥

संन्यासी को अपने आहार के परिमाण में ही भिक्षा माँगनी चाहिए। उसको (पेट के चार भाग करके) दो भाग भोजन के लिए रखना चाहिए, एक भाग पानी के लिए तथा एक भाग हवा के आने-जाने के लिए रखना चाहिए। संन्यासी को हमेशा भिक्षावृत्ति के ऊपर ही आधार रखना चाहिए। और हमेशा एक ही घर से भोजन नहीं करना चाहिए। जो लोग शान्त भाव से उसकी राह देखकर बैठे हुए हों, उन्हीं के यहाँ प्रयत्नपूर्वक जाना चाहिए। संन्यासी को पाँच-सात सदाचारी गृहों से भिक्षा लेनी चाहिए और गाय के दोहने में जितना समय लगता है, उतने ही समय तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। और जहाँ से एक बार भिक्षा ली हो, वहाँ फिर से नहीं जाना चाहिए। रात्रि में भोजन की अपेक्षा तो उपवास कर लेना ही अच्छा है। और उपवास की अपेक्षा अयाचित (बिना माँगे मिलने वाली) भिक्षा अधिक अच्छी है और अयाचित से भी माँगकर खाना अधिक अच्छा है। इसलिए जहाँ तक बन सके, भिक्षा का ही आश्रय लेना चाहिए। भिक्षा के समय दाहिने-बाँएँ मार्ग से घर में प्रवेश नहीं करना चाहिए। जिस घर में कोई दोष न हो, उस घर को भूल या मोह से नहीं छोड़ना चाहिए—वहाँ भिक्षा लेनी चाहिए।

श्रोत्रियान्नं न भिक्षेत श्रद्धाभक्तिबहिष्कृतम्।
व्रात्यस्यापि गृहे भिक्षेच्छ्रद्धाभक्तिपुरस्कृते ॥82॥
माधूकरमसंक्लृप्तं प्राक्प्रणीतमयाचितम्।
तात्कालिकं चोपपन्नं भैक्षं पञ्चविधं स्मृतम् ॥83॥
मनःसंकल्परहितांस्त्रीन् गृहान् पञ्च सप्त वा।
मधुमक्षिकवत् कृत्वा माधूकरमिति स्मृतम् ॥84॥
प्रातःकाले च पूर्वेद्युर्यद्भक्तैः प्रार्थितं मुहुः।
तद्भैक्षं प्राक्प्रणीतं स्यात् स्थितिं कुर्यात् तथापि च ॥85॥
भिक्षाटनसमुद्योगाद्येन केन निमन्त्रितम्।
अयाचितं तु तद्भैक्षं भोक्तव्यं च मुमुक्षुभिः ॥86॥

यदि वेदज्ञ मनुष्य भी श्रद्धा-भक्ति से रहित हो, तो उसके यहाँ इस संन्यासी को भिक्षा नहीं माँगनी चाहिए। और व्रात्य (निम्न कोटि का संस्कारहीन मनुष्य) भी यदि श्रद्धा-भक्ति से युक्त हो तो वहाँ भिक्षा

लेनी चाहिए। संन्यासियों की भिक्षा पाँच प्रकार की कही गई है—(1) पहले संकल्पित न किया गया हो ऐसा माधूकर, (2) प्राक्प्रणीत, (3) अयाचित, (4) तात्कालिक, (5) उपपन्न। इनमें असंकल्पित माधूकर यह है कि मन में किसी भी प्रकार का संकल्प किए बिना किन्हीं तीन, पाँच या सात घरों में से मधुमक्खी की तरह थोड़ी-थोड़ी भिक्षा लेना। 'प्राक्प्रणीत' उसे कहते हैं जिसमें प्रातःकाल में या पिछले दिन कोई भी मनुष्य भक्तिपूर्वक भिक्षा के लिए निवेदन करे तो उसके यहाँ भिक्षा ली जाती है। 'अयाचित' वह है जिसमें भिक्षा के लिए विचरण करते समय ही यदि कोई निमंत्रण करे तो वहाँ बिना माँगे ही भिक्षा मिल जाती है।

उपस्थानेन यत् प्रोक्तं भिक्षार्थं ब्राह्मणेन तत्।
तात्कालिकमिति ख्यातं भोक्तव्यं यतिभिः सदा ॥87॥
सिद्धमन्नं यदा नीतं ब्राह्मणेन मठं प्रति।
उपपन्नमिति प्राहुर्मुनयो मोक्षकाङ्क्षिणः ॥88॥
चरेन्माधूकरं भैक्षं यतिर्म्लेच्छकुलादपि।
एकान्नं न तु भुञ्जीत बृहस्पतिसमादपि।
याचितायाचिताभ्यां च भिक्षाभ्यां कल्पयेत् स्थितिम् ॥89॥
न वायुः स्पर्शदोषेण नाग्निर्दहनकर्मणा।
नापो मूत्रपुरीषाभ्यां नान्नदोषेण मस्करी ॥90॥
विधूमे सन्नमुसले व्यङ्गारे भुक्तवज्जने।
कालेऽपराह्णे भूयिष्ठे भिक्षाचरणमाचरेत् ॥91॥

भिक्षा के लिए निकलते हुए संन्यासी को यदि बीच में ही कोई ब्राह्मण उसके समीप में आकर भिक्षा (भोजन) के लिए कहे, तो उसे 'तात्कालिक' भिक्षा कहते हैं, वह भिक्षा संन्यासियों को सदा ग्रहण कर लेनी चाहिए। यदि कोई मनुष्य तैयार भिक्षा लेकर मठ (आश्रम) में दे जाए, तो उसे 'उपपन्न' भिक्षा कहा जाता है। यदि संन्यासी को विशेष भिक्षा की आवश्यकता पड़ जाए, तो उसे म्लेच्छ के यहाँ भी भिक्षा माँग लेनी चाहिए। किन्तु कभी भी एक ही स्थान से भिक्षा ग्रहण नहीं करनी चाहिए, भले ही वह यजमान बृहस्पति जैसा क्यों न हो ? इस प्रकार संन्यासी को याचित तथा अयाचित भिक्षा द्वारा अपना जीवननिर्वाह चलाना सर्वथा उचित है। सभी जगह स्पर्श करते हुए भी वायु स्पर्श दोषों से दूषित नहीं होता, सब कुछ जलाते हुए भी अग्नि दहन कार्यों से दूषित नहीं होता, सभी मल-मूत्रों को बहा ले जाने पर भी जल उनके मल से मलिन नहीं होता, ठीक उसी प्रकार संन्यासी किसी भी अन्न से दूषित नहीं होता। अग्निधूम और मुसल की आवाज से रहित और जहाँ अग्नि बुझकर समाप्त हो गया हो वहाँ, तथा घर के सभी लोग जहाँ भोजन कर चुके हों वहाँ, मध्याह्न काल के बाद ही संन्यासी को भिक्षा माँगनी चाहिए।

अभिशस्तं च पतितं पाषण्डं देवपूजकम्।
वर्जयित्वा चरेद् भैक्षं, सर्ववर्णेषु चापदि ॥92॥
घृतं श्वमूत्रसदृशं मधु स्यात् सुरया समम्।
तैलं सूकरमूत्रं स्यात् सूपं लशुनसंमितम् ॥93॥
माषापूपादि गोमांसं क्षीरं मूत्रसमं भवेत्।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन घृतादीन् वर्जयेद्यतिः।

घृतसूपादिसंयुक्तमन्नं नाद्यात् कदाचन ॥94॥
पात्रमस्य भवेत्पाणिस्तेन नित्यं स्थितिं नयेत्।
पाणिपात्रश्चरन् योगी नासकृद् भैक्षमाचरेत् ॥95॥
आस्येन तु यदाहारं गोवन्मृगयते मुनिः।
तदा समः स्यात् सर्वेषु सोऽमृतत्वाय कल्पते ॥96॥

आपत्तिकालीन स्थिति में संन्यासी निन्द्य परिवार एवं पतित, पाखण्डी, पदच्युत और देवपूजक को छोड़कर समस्त वर्ण जातियों से भिक्षा ले सकना है। संन्यासी के लिए घी कुत्ते के मूत्र समान है, शहद मदिरा के समान है, तैल शूकर के मूत्र के समान है, तथा लहसुन, सूप, अपूप (मालपुआ), उड़द आदि सब गोमांस के बराबर है। इसलिए बहुत प्रयत्न (सावधानी) पूर्वक घी आदि को छोड़ देना चाहिए। घी एवं मसालेदार पक्वान्नादि को कभी नहीं खाना चाहिए। संन्यासी के लिए उसका हाथ ही भोजनग्रहण का पात्र होता है। उसे हाथरूपी पात्र से ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार संन्यासी को दिन में एक बार ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। जो मुनि गाय की तरह मुख से ही आहार करता है, अर्थात् कुछ संग्रह नहीं कर रखता, वह अमृतत्व को प्राप्त कर लेता है।

आज्यं रुधिरमिव त्यजेदेकत्रान्नं पललमिव गन्धलेपनमशुद्धलेपनमिव क्षारमन्त्यजमिव वस्त्रमुच्छिष्टपात्रमिवाभ्यङ्गं स्त्रीसङ्गमिव मित्राह्लादकं मूत्रमिव स्पृहां गोमांसमिव ज्ञातचरदेशं चण्डालवाटिकामिव स्त्रियमहिमिव सुवर्णं कालकूटमिव सभास्थलं श्मशानस्थलमिव राजधानीं कुम्भीपाकमिव शवपिण्डवदेकत्रान्नम्। न देवतार्चनम्। प्रपञ्चवृत्तिं परित्यज्य जीवन्मुक्तो भवेत् ॥97॥

घी को लहू के समान तथा एकत्रित किए हुए अन्न को मांस के समान मानकर छोड़ देना चाहिए। गन्ध-लेपनादि को गन्दी वस्तु के तुल्य, नमक को अन्त्यज के तुल्य, वस्त्र को जूठे पात्र के तुल्य, तेल-मालिश को स्त्रीसंग के तुल्य, मित्रों के मजाक को मूत्र के तुल्य, घमण्ड को गोमांस के तुल्य, परिचित मित्रों के घर की भिक्षा को चाण्डाल के तुल्य, स्त्री को सर्पिणी के तुल्य, सुवर्ण को कालकूट के तुल्य, सभा आदि को श्मशान के तुल्य, राजधानी को कुम्भीपाक नरक के तुल्य, एक ही घर के भोजन को मृतकपिण्ड के तुल्य जानकर इन सबका परित्याग कर देना चाहिए। उसको देवताओं का पूजन-अर्चन कभी नहीं करना चाहिए। सांसारिक प्रपञ्चों को छोड़कर उसे जीवन्मुक्त हो जाना चाहिए।

आसनं पात्रलोपश्च संचयः शिष्यसंचयः।
दिवास्वापो वृथालापो यतेर्बन्धकराणि षट् ॥98॥
वर्षाभ्योऽन्यत्र यत् स्थानमासनं तदुदाहृतम्।
उक्तालाब्वादिपात्राणामेकस्यापीह संग्रहः ॥99॥
यतेः संव्यवहाराय पात्रलोपः स उच्यते।
गृहीतस्य तु दण्डादेर्द्वितीयस्य परिग्रहः ॥100॥
कालान्तरोपभोगार्थं संचयः परिकीर्तितः।
शुश्रूषालाभपूजार्थं यशोऽर्थं वा परिग्रहः ॥101॥
शिष्याणां न तु कारुण्याच्छिष्यसंग्रह ईरितः।
विद्या दिवा प्रकाशत्वादविद्या रात्रिरुच्यते ॥102॥

आसन, बरतन की चाह, संचय करना, शिष्य बनाना, दिन में सोना और बेकार की बातें करना—ये छः प्रकार के कार्य संन्यासी को बन्धन में डालने वाले हैं। वर्षा के अलावा सभी स्थान आसन ही हैं, ऐसा कहते हैं। पूर्व में बताए गए कुम्हड़े से बनाए गए एकमात्र पात्र का ही उसे संग्रह करना चाहिए। यति के व्यवहार के लिए इसी को 'पात्रलोप' कहा जाता है। अपना दण्ड खो जाने पर दूसरे का दण्ड ले लेना ही 'परिग्रह' है। कालान्तर (भविष्य) में उपभोग के लिए संग्रह करके रखने का नाम ही 'संचय' है। सेवा-शुश्रूषा, लाभ, यश, मान-पूजा आदि के लिए प्रयत्न करना ही परिग्रह कहा जाता है। आत्मज्ञान के लिए करुणापूर्वक जो शिष्य आए उसे ही शिष्य बनाना चाहिए, उसके अतिरिक्त शिष्यों को बनाए रखने को शिष्यसंग्रह कहा जाता है। प्रकाशक होने से विद्या ही दिवस कहा जाता है और अविद्या रात्रि कही जाती है।

विद्याभ्यासे प्रमादो यः स दिवास्वाप उच्यते।
आध्यात्मिकीं कथां मुक्त्वा भिक्षावार्तां विना तथा।
अनुग्रहं परिप्रश्नं वृथाजल्पोऽन्य उच्यते ॥103॥
एकान्नं मदमात्सर्यं गन्धपुष्पविभूषणम्।
ताम्बूलाभ्यञ्जने क्रीडा भोगाकाङ्क्षा रसायनम् ॥104॥
कत्थनं कुत्सनं स्वस्ति ज्योतिश्च क्रयविक्रयम्।
क्रिया कर्मविवादश्च गुरुवाक्यविलङ्घनम् ॥105॥
संधिश्च विग्रहो यानं मञ्चकं शुक्लवस्त्रकम्।
शुक्रोत्सर्गो दिवा स्वापो भिक्षाधारस्तु तैजसम् ॥106॥
विषं चैवायुधं बीजं हिंसां तैक्ष्ण्यं च मैथुनम्।
त्यक्तं संन्यासयोगेन गृहधर्मादिकं व्रतम् ॥107॥
गोत्रादि चरणं सर्वं पितृमातृकुलं धनम्।
प्रतिषिद्धानि चैतानि सेवमानो व्रजेदधः ॥108॥

विद्याभ्यास में प्रमाद करना ही दिवास्वप्न कहा जाता है। आध्यात्मिक कथा को छोड़कर भिक्षा की बात करना और अनुग्रह परिप्रश्न को छोड़कर इधर-उधर की जो बातें कही जाएँ, वही बकवास है। एकान्न, मत्सर, घमण्ड, गन्ध, पुष्प, आभूषण, ताम्बूल खाना, तैलमर्दन करना, क्रीड़ा करना, भोगों की इच्छा करना, रसायन का सेवन, खुशामद, निन्दा-कुशलप्रश्न आदि करना, खरीदने-बेचने की बातें करना, क्रियाकर्म, वादविवाद, गुरुवाक्य का उल्लंघन, सन्धि-विग्रह की बातें, पलंग, सफेद वस्त्र, वीर्य- त्याग, दिन में सोना, भिक्षापात्र, सुवर्ण, विष, शस्त्र, जीवहिंसा, क्रोध तथा मैथुन—इन सारी बातों को संन्यासी को छोड़ ही देना चाहिए। गृहस्थियों के धर्म-व्रत गोत्रादि के आचारण जो हैं तथा जो माता- पिता और कुल की सम्पत्ति है, वह संन्यासी के लिए निषिद्ध माने गए हैं। इन सभी का सेवन करने से संन्यासी को नीच गति की प्राप्ति होती है।

सुजीर्णोऽपि सुजीर्णासु विद्वान् स्त्रीषु न विश्वसेत्।
सुजीर्णास्वपि कन्थासु सज्जते जीर्णमम्बरम् ॥109॥
स्थावरं जङ्गमं बीजं तैजसं विषमायुधम्।
षडेतानि न गृह्णीयाद्यतिर्मूत्रपुरीषवत् ॥110॥

नैवाददीत पाथेयं यतिः किञ्चिदनापदि।
पक्वमापत्सु गृह्णीयाद्यावदन्नं न लभ्यते ॥111॥
नीरुजश्च युवा चैव भिक्षुर्नावसथे वसेत्।
परार्थं न प्रतिग्राह्यं न दद्याच्च कथञ्चन ॥112॥
दैन्यभावात्तु भूतानां सौभगाय यतिश्चरेत्।
पक्वं वा यदि वाऽपक्वं याचमानो व्रजेदधः ॥113॥

वृद्धावस्था को प्राप्त हुए विद्वान् संन्यासी को वृद्ध स्त्री के ऊपर भी विश्वास नहीं करना चाहिए। क्योंकि पुरानी-फटी-टूटी गुदड़ी पर तो पुराना वस्त्र ही लगाया जाता है। स्थावर, जंगम, बीज, सुवर्ण विष, आयुध जैसी छः वस्तुओं को तो संन्यासी मूत्र और विष्टा के तुल्य समझकर, त्याज्य मानकर उन्हें कभी ग्रहण न करे। आपत्तिकाल को छोड़कर रास्ते में उपयोग के लिए तो संन्यासी को अपने पास कुछ भी नहीं रखना चाहिए। कुसमय के वश यदि अन्न प्राप्त न हो, तो पका हुआ अन्न प्राप्त कर लेना चाहिए। स्वस्थ तथा युवा संन्यासी को तो कभी भी किसी के भी घर में रुकना नहीं चाहिए। और अन्य किसी की कोई भी वस्तु नहीं लेनी चाहिए। संन्यासी को अन्य भूत (प्राणियों) के कल्याण के लिए दया का आचरण करना चाहिए। पका हुआ या फिर बिना पका हुआ अन्न माँगने से संन्यासी निम्न कोटि (अधोगति) को प्राप्त हो जाता है। (अर्थात् संन्यासी को अपनी इच्छा से कुछ माँगना नहीं चाहिए।)

अन्नपानपरो भिक्षुर्वस्त्रादीनां प्रतिग्रही।
आविकं वानाविकं वा तथा पट्टपटानपि ॥114॥
प्रतिगृह्य यतिश्चैतान् पतत्येव न संशयः।
अद्वैतं नावमाश्रित्य जीवन्मुक्तत्वमाप्नुयात् ॥115॥
वाग्दण्डे मौनमातिष्ठेत् कायदण्डे त्वभोजनम्।
मानसे तु कृते दण्डे प्राणायामो विधीयते ॥116॥
कर्मणा बध्यते जन्तुर्विद्यया च विमुच्यते।
तस्मात् कर्म न कुर्वन्ति यतयः पारदर्शिनः ॥117॥
रथ्यायां बहुवस्त्राणि भिक्षा सर्वत्र लभ्यते।
भूमिः शय्यास्ति विस्तीर्णा यतयः केन दुःखिताः ॥118॥

खाने-पीने के पदार्थों की निरन्तर चाह रखने वाला और ऊनी या बिना ऊन के सूती आदि कपड़ों और रेशमी वस्त्रों आदि को स्वीकार करने से संन्यासी का अवश्य ही अधःपतन हो जाता है। उसे तो अद्वैतरूपी नौका में बैठकर जीवन्मुक्ति की अवस्था प्राप्त कर लेनी चाहिए। यदि वाणी को दण्ड देना हो, तो संन्यासी को चाहिए कि वह मौन ही रहे। अगर शरीर को दण्ड देना हो तो उसे भोजन नहीं करना चाहिए। और यदि मन को दण्ड देना हो तो उसे प्राणायामादि करना चाहिए। सभी प्राणी अपने कर्मों के द्वारा ही बन्धन में बँधते हैं, और विद्या (ज्ञान) के द्वारा मुक्ति प्राप्त करते हैं। इसलिए ज्ञानवान् संन्यासी सदैव कर्मों से मुक्त ही रहते हैं। छोटी-छोटी गलियों में भी बहुत सारे वस्त्र मिल जाते है और भिक्षा भी सभी जगह प्राप्त हो ही जाती है और सोने के लिए भी पृथ्वी में कहीं न कहीं बहुत स्थान मिल ही जाते हैं तो फिर भला संन्यासी को किस बात का दुःख है ? (किसी बात का नहीं।)

प्रपञ्चमखिलं यस्तु ज्ञानाग्नौ जुहुयाद्यतिः ।
आत्मन्यग्नीन् समारोप्य सोऽग्निहोत्री महायतिः ॥119॥
प्रवृत्तिर्द्विविधा प्रोक्ता मार्जारी चैव वानरी ।
ज्ञानाभ्यासवतामोतुर्वानरी भाक्तमेव च ॥120॥
नापृष्टः कस्यचिद् ब्रूयान्न चान्यायेन पृच्छतः ।
जानन्नपि हि मेधावी जडवल्लोक आचरेत् ॥121॥
सर्वेषामेव पापानां संघाते समुपस्थिते ।
तारं द्वादशसाहस्त्रमभ्यसेच्छेदनं हि तत् ॥122॥
यस्तु द्वादशसाहस्त्रं प्रणवं जपतेऽन्वहम् ।
तस्य द्वादशभिर्मासैः परं ब्रह्म प्रकाशते ॥123॥ इत्युपनिषत् ।

इति द्वितीयोऽध्यायः ।

इति संन्यासोपनित्समाप्ता ।

संन्यासी को सभी प्रकार के प्रपंच को (जागतिक पदार्थों को) ज्ञानरूपी अग्नि में भस्म ही कर डालना चाहिए। जो संन्यासी अपने अन्तरात्मा में ज्ञानरूपी अग्नि को समारोपित कर लेता है, वह सच्चे अर्थों में ज्ञानी और सही रूप में अग्निहोत्री होता है। संन्यासियों की प्रवृत्ति दो प्रकार की होती है। एक तो मार्जारी और दूसरी होती है वानरी। जो संन्यासी ज्ञान का अभ्यास करते हैं, इनकी वृत्ति मुख्यतया मार्जारी होती है और गौण रूप से वानरी होती है। किसी व्यक्ति के पूछे बिना संन्यासी को कुछ बोलना ही नहीं चाहिए। और यदि कोई अन्याय और अनीति से पूर्ण प्रश्न करे, तो भी उसे कुछ नहीं बोलना चाहिए। स्वयं ज्ञानवान् होते हुए भी संन्यासी को जनसाधारण के सामने मूढ़ की तरह ही रहना चाहिए। यदि किसी कारणवशात् पापप्रसंग उपस्थित हो जाए, तो बारह हजार की संख्या में तारकमंत्र का जाप करना चाहिए तथा उस पाप को नष्ट कर देना चाहिए। जो संन्यासी प्रतिदिन बारह हजार प्रणवमंत्र का जाप करता है, उसे बारह मास के भीतर ही परब्रह्म का साक्षात्कार हो जाता है। ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

यहाँ दूसरा अध्याय पूरा हुआ।

इस प्रकार संन्यासोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि……ते मयि सन्तु । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(68) परमहंसपरिव्राजकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

अथर्ववेद से सम्बद्ध इस गद्यात्मक उपनिषद् में पाँच बड़े गद्यपरिच्छेद (गद्य कण्डिकाएँ) हैं। इन गद्य अनुच्छेदों में परमहंस परिव्राजक के लक्षण, परिव्रजन के अधिकारी, परिव्रज्या-प्राप्ति की विधि आदि का विवेचन है। यह उपनिषद् पितामह ब्रह्मा तथा आदिनारायण के संवादरूप में है। उपनिषत् का कहना है कि व्यक्ति को वर्णाश्रमधर्म का पालन करना चाहिए और क्रमशः अन्त में संन्यास ग्रहण करना चाहिए। नारायण ने संन्यास-ग्रहण की विधि और संन्यासी की दिनचर्या पर भी प्रकाश डाला है। ब्रह्माजी के पुनः पूछने पर नारायण ने ब्रह्मप्रणव का रहस्य भी समझाया है और बाद में उसका फल भी बताया है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः……देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ पितामहः स्वपितरमादिनारायणमुपसमेत्य प्रणम्य पप्रच्छ । भगवन् त्वन्मुखाद्वर्णाश्रमधर्मक्रमं सर्वं श्रुतं विदितमवगतम् । इदानीं परमहंस-परिव्राजकलक्षणं वेदितुमिच्छामि । कः परिव्रजनाधिकारी ? कीदृशं परिव्राजकलक्षणम् ? कः परमहंसः ? परिव्राजकत्वं कथम् ? तत् सर्वं मे ब्रूहीति । स होवाच भगवानादिनारायणः ॥1॥

एक बार पितामह ब्रह्मा अपने पिता आदिनारायण के पास जाकर उन्हें प्रणाम करके पूछने लगे कि "हे भगवन्! आपके मुख से वर्णाश्रम धर्म का सब क्रम तो मैंने अच्छी तरह से सुन लिया, जान लिया और समझ लिया है। अब मैं परमहंस परिव्राजक के धर्म को (लक्षण को) जानना चाहता हूँ। परिव्रजन कर्म का अधिकारी कौन है ? परिव्राजक का लक्षण कैसा होता है ? परमहंस कौन होता है ? परिव्राजकत्व कैसे प्राप्त होता है ? यह सब आप मुझे बताइए।" तब भगवान् आदिनारायण ने कहा—

सद्गुरुसमीपे सकलविद्यापरिश्रमज्ञो भूत्वा विद्वान् सर्वमैहिकामुष्मिक-सुखश्रमं ज्ञात्वैषणात्रयवासनात्रयममत्वाहंकारादिकं वमनान्नमिव हेय-मधिगम्य मोक्षमार्गैकसाधनो ब्रह्मचर्यं समाप्य गृही भवेत् । गृहाद्वनी भूत्वा प्रव्रजेत् । यदि वेतरथा ब्रह्मचर्यादेव प्रव्रजेत् गृहाद्वा वनाद्वा । अथ पुनरव्रती वा व्रती वा स्नातको वाऽस्नातको वोत्सन्नाग्निरनग्निको वा यदहरेव विरजेत् तदहरेव प्रव्रजेदिति बुद्ध्वा सर्वसंसारेषु विरक्तो ब्रह्मचारी गृही वानप्रस्थो वा पितरं मातरं कलत्रपुत्रमाप्तबन्धुवर्गं तदभावे शिष्यं सहवासिनं वानुमोदयित्वा तद्धैके प्राजापत्यामेवेष्टिं

कुर्वन्ति । तदु तथा न कुर्यात् । आग्नेय्यामेव कुर्यात् । अग्निर्हि प्राणः । प्राणमेवैतया करोति । त्रैधातवीयामेव कुर्यात् । एतयैव त्रयो धातवो यदुत सत्त्वं रजस्तम इति ।

अयं ते योनिर्ऋत्वियो यतो जातो अरोचथाः ।
तं जानन्नग्न आरोहाथा नो वर्धया रयिम् ॥

इत्यनेन मन्त्रेणाग्निमाजिघ्रेत् । एष वा अग्नेर्योनिर्यः प्राणं गच्छ स्वां योनिं गच्छ स्वाहेत्येवमेवैतदाह । ग्रामाच्छ्रोत्रियागारादग्निमाहृत्य स्वविध्युक्तक्रमेण पूर्ववदग्निमाजिघ्रेत् । यद्यातुरो वाग्निं न विन्देदप्सु जुहुयात् । आपो वै सर्वा देवताः, सर्वाभ्यो देवताभ्यो जुहोमि स्वाहेति हुत्वाद्धृत्य प्राश्नीयात् साज्यं हविरनामयम् । एष विधिर्वीराध्वाने वाऽनाशके वापां प्रवेशे वाग्निप्रवेशे वा महाप्रस्थाने वा । यद्यातुरः स्यान्मनसा वाचा वा संन्यसेत् । एष पन्थाः ॥2॥

सकल भौतिक विद्याओं को केवल व्यर्थ परिश्रम मानने वाले साधक को यहाँ जगत् के और परलोक के सुखों को परिश्रमरूप ही जानकर, पुत्र-लोक-वित्त इन तीन एषणाओं तथा देह-मन-बुद्धिजन्य तीन वासनाओं तथा ममत्व और अहंकार को वमन किए हुए अन्न की तरह त्याज्य समझकर मोक्षमार्गरूप एक ही साधनवाला होकर पहले ब्रह्मचर्य समाप्त करके गृहस्थ बनना चाहिए । बाद में गृहस्थ से वानप्रस्थ होकर संन्यासी बनना चाहिए । अथवा अन्य प्रकार से ब्रह्मचर्याश्रम से या गृहस्थी से ही संन्यास ले लेना चाहिए । जो कोई व्रती हो या अव्रतधारी हो, स्नातक हुआ हो या अस्नातक ही रहा हो, सदा अग्निहोत्र करने वाला हो या अग्निहोत्र न भी करता हो, परन्तु जिस दिन पर वैराग्य आ जाए, उसी दिन प्रव्रजन कर देना चाहिए । ऐसा जानकर सारे संसार से विरक्त हुआ चाहे ब्रह्मचारी हो, या गृहस्थ हो, या वानप्रस्थी हो, तो अपने माता, पिता, पुत्र, स्त्री, स्वजन आदि की अनुमति लेकर या उनमें से यदि कोई न हो, तो शिष्य और सहवासी की भी अनुमति लेकर संन्यासाश्रम में जाना चाहिए । कुछ लोग पहले प्राजापत्य यज्ञ करते हैं, परन्तु उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, केवल आग्नेय दृष्टि ही करनी चाहिए । ''अग्नि ही प्राण है, उस अग्नि के द्वारा ही प्राण क्रिया करता है''—इस भाव से त्रैधातवी दृष्टि करनी चाहिए । सत्त्व-रज-तम, ये ही त्रिधातु हैं । बाद में इस मंत्र से अग्नि को सूँघना चाहिए कि हे अग्निदेव ! यह प्राण आपका कारणरूप है । यह जानते हुए आप इसमें प्रवेश करें । आप प्राण से जन्मे हैं, इसलिए हमें आप प्रकाश और बुद्धि दीजिए । हे अग्निदेव ! आप अपने योनिस्थल प्राण में प्रविष्ट हों । अपने उत्पत्तिस्थल में जाएँ । 'स्वाहा'—इस प्रकार ऐसा कहा गया है । गाँव के किसी श्रोत्रिय के घर से अग्नि लाकर पूर्वोक्त विधि से अग्नि को सूँघना चाहिए । यदि आतुरतापूर्ण भाव हो और अग्नि उपलब्ध न हो, तो जल में ही हवन कर लेना चाहिए । 'जल ही समस्त देवताओं का स्वरूप है, समस्त देवताओं के निमित्त हवन कर रहा हूँ'—ऐसा भाव करके स्वाहासहित आहुति देनी चाहिए । बाद में, हवन किए हुए पदार्थ को लेकर घी के साथ हवि को खाना चाहिए । इस विधि का प्रयोग वीरमार्ग या अनशन द्वारा शरीर छोड़ने के क्रम में या जलप्रवेश में या अग्निप्रवेश में या महाप्रस्थान में किया जाता है । यदि आतुरता हो तो मन से अथवा वाणी से ही संन्यास की विधि कर लेनी चाहिए । यह मार्ग है ।

स्वस्थक्रमेणैव चेदात्मश्राद्धं विरजाहोमं कृत्वा, अग्निमात्मन्यारोप्य, लौकिकवैदिकसामर्थ्यं स्वचतुर्दशकरणप्रवृत्तिं च पुत्रे समारोप्य तदभावे

शिष्ये वा तदभावे स्वात्मन्येव वा, ब्रह्मा त्वं यज्ञस्त्वमित्यभिमन्त्र्य ब्रह्मभावनया ध्यात्वा, सावित्रीप्रवेशपूर्वकमप्सु सर्वविद्यार्थस्वरूपां ब्राह्मण्याधारां वेदमातरं क्रमाद् व्याहृतिषु त्रिषु प्रविलाप्य, व्याहृतित्रयमकारोकारमकारेषु प्रविलाप्य, तत्सावधानेनापः प्राश्य, प्रणवेन शिखामुत्कृष्य, यज्ञोपवीतं छित्त्वा, वस्त्रमपि भूमौ वाप्सु वा विसृज्य, ॐ भूः स्वाहा, ॐ भुवः स्वाहा, ॐ सुवः स्वाहेत्यनेन जातरूपधरो भूत्वा, स्वं रूपं ध्यायन्, पुनः पृथक् प्रणवव्याहृतिपूर्वकं मनसा वचसापि संन्यस्तं मया संन्यस्तं मया संन्यस्तं मयेति मन्द्रमध्यमतारध्वनिभिस्त्रिवारत्रिगुणीकृतप्रेषोच्चारणं कृत्वा, प्रणवैकध्यानपरायणः सन्नभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः स्वाहेत्यूर्ध्वबाहुर्भूत्वा, ब्रह्माहमस्मीति तत्त्वमस्यादिमहावाक्यार्थस्वरूपानुसन्धानं कुर्वन्नुदीचीं दिशं गच्छेज्जातरूपधरश्चरेत् । एष संन्यासः ॥3-1॥

स्वस्थ क्रम से आत्मश्राद्ध तथा विरजा होम करके अग्नि को आत्मा में आरोपित करके अपने लौकिक तथा वैदिक सामर्थ्य का और अपनी चौदह करण प्रवृत्ति का अपने पुत्र में आरोपण करना चाहिए । यदि पुत्र न हो तो अपने शिष्य में और शिष्य न हो तो अपनी आत्मा में ही आरोपण करना चाहिए । बाद में 'ब्रह्मा त्वं यज्ञस्त्वम्'—इस मंत्र का उच्चारण करके ब्रह्म का भावनापूर्वक ध्यान करके सावित्री में प्रवेश करना चाहिए । फिर सर्वविद्या को अर्थस्वरूप और ब्राह्मण्य की आधाररूप वेदमाता गायत्री को तीन व्याहृतिपूर्वक (भूः भुवः स्वः बोलकर) पानी में विलीन कर देना चाहिए । और इन तीनों व्याहृतियों को अकार, उकार और मकार में (ॐ में) विलीन कर देना चाहिए । बाद में सावधान होकर पानी पीना चाहिए । इसके बाद ॐ मंत्र का उच्चारण करते हुए शिखा का त्याग करके यज्ञोपवीत को काट देना चाहिए और कपड़ों का धरती या पानी में त्याग कर देना चाहिए, और 'ॐ भूः स्वाहा, ॐ भुवः स्वाहा, ॐ स्वः स्वाहा'—ऐसा बोलते हुए शिशु की तरह निर्दोष और निर्दंश बनकर अपने स्वरूप का ध्यान करना चाहिए । बाद में प्रणव और व्याहृतिपूर्वक पृथक् रूप से मन और वाणी द्वारा 'मैंने संन्यास लिया, मैंने संन्यास लिया, मैंने संन्यास लिया'—ऐसा तीन बार मन्द्र, मध्य और तार-सप्तक की ध्वनि से तीन गुना प्रेष उच्चारण करना चाहिए । इसके बाद प्रणव का उच्चारण करते हुए भुजा उठाकर बोलना चाहिए कि 'मैं समस्त प्राणियों को अभयदान देता हूँ' । बाद में बोलना चाहिए कि 'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूँ), 'तत्त्वमसि' (तुम वही हो) और इन्हीं महावाक्यों का चिन्तन करता हुआ अपने वास्तविक स्वरूप के अनुसन्धान के लिए निर्लिप्त होकर उसे उत्तर दिशा की ओर चलना चाहिए और बालक की तरह भ्रमण करते रहना चाहिए । इसी को संन्यासधर्म कहा जाता है ।

तदधिकारी न भवेद्यदि, गृहस्थप्रार्थनापूर्वकमभयं सर्वभूतेभ्यो मत्तः सर्वं प्रवर्तते सखा मा गोपायौजः सखा योऽसीन्द्रस्य वज्रोऽसि वार्त्रघ्नः शर्म मे भव यत्पापं तन्निवारयेत्यनेन मन्त्रेण प्रणवपूर्वकं सलक्षणं वैणवं दण्डं कटिसूत्रं कौपीनं कमण्डलुं विवर्णवस्त्रमेकं परिगृह्य, सद्गुरुमुपगम्य, नत्वा, गुरुमुखात् तत्त्वमसीति महावाक्यं प्रणवपूर्वकमुपलभ्य, अथ जीर्णवस्त्रवल्कलाजिनं धृत्वा, अथ जलावतरणमूर्ध्वगमनमेकभिक्षां परित्यज्य, त्रिकालस्नानमाचरन्, वेदान्तश्रवणपूर्वकं प्रणवानुष्ठानं कुर्वन्, ब्रह्ममार्गे सम्यक् सम्पन्नः, स्वाभिमतमात्मनि गोपयित्वा,

निर्ममोऽध्यात्मनिष्ठः, कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यदम्भदर्पाहङ्कारासूयागर्वेच्छाद्वेषहर्षामर्षममत्वादींश्च हित्वा, ज्ञानवैराग्ययुक्तो वित्तस्त्रीपराङ्मुखः शुद्धमानसः सर्वोपनिषदर्थमालोच्य, ब्रह्मचर्यापरिग्रहाहिंसासत्यं यत्नेन रक्षञ्जितेन्द्रियो बहिरन्तःस्नेहवर्जितः, शरीरसन्धारणार्थं चतुर्षु वर्णेष्वभिशस्तपतितवर्जितेषु पशुरद्रोही भैक्षमाणो ब्रह्मभूयाय भवति ॥3-2॥

यदि कोई इस विधि का (दिगम्बर विधि का) अधिकारी न हो, तो उसके लिए दूसरी विधि बताते हैं—उस गृहस्थ को सर्वप्रथम प्रार्थना करके सभी प्राणियों को अभय देना चाहिए। इस मंत्र से कहना चाहिए कि "हे सखा ! तुम मेरे बल का रक्षण करो। तुम वृत्रासुर को मारने वाले इन्द्र का वज्र हो, मेरे लिए शान्तिदाता हो, मुझे पापमुक्त करो"—प्रणवपूर्वक इस मंत्र को कहकर अच्छे निर्दोष बाँस का दण्ड, कटिसूत्र, कौपीन, कमण्डलु और एक गेरुआ वस्त्र धारण करके सद्गुरु के पास जाकर उन्हें प्रणाम करके उनसे प्रणवपूर्वक 'तत्त्वमसि' (वह तुम्हीं हो) इस महावाक्य का उपदेश प्राप्त करना चाहिए। तदुपरान्त फटा-टूटा वस्त्र या मृगचर्म आदि धारण करना चाहिए। जल में उतरना, वृक्ष पर चढ़ना, एक ही घर की भिक्षा पर निर्भर रहना—आदि का त्याग करना चाहिए। त्रिकाल स्नान का आचरण करते हुए वेदान्त का श्रवण और प्रणव का अनुष्ठान करना चाहिए। इस तरह ब्रह्ममार्ग का पूरा ज्ञान प्राप्त करके अपने मन को अपने ही भीतर रखकर अपने आपको ममतारहित और अध्यात्मनिष्ठ ही बनाए रखना चाहिए। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मत्सर, दम्भ, दर्प, अहंकार, असूया, गर्व, इच्छा, द्वेष, हर्ष, अमर्ष, ममत्व आदि का परित्याग करके ज्ञान वैराग्य से युक्त होकर कांचन और कामिनी से विमुख होकर शुद्ध मन से समग्र उपनिषदों की समालोचना करके ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, अहिंसा, सत्य आदि की प्रयत्नपूर्वक रक्षा करते हुए जितेन्द्रिय बनना चाहिए। बाहर और भीतर से रागरहित बनकर शरीर-रक्षण के लिए चारों वर्णों में केवल पतितों को छोड़कर किसी भी वर्ण के सदाचारी गृहस्थ से निर्वैर होकर इस तरह भिक्षा लेनी चाहिए कि जिस तरह पशु किसी भेदभाव के बिना आहार ग्रहण करता है। ऐसा करने वाला सबमें ब्रह्मभाव ही रखता है।

सर्वेषु कालेषु लाभालाभौ समौ कृत्वा, करपात्रमाधूकरेणान्नमश्नन्, मेदोवृद्धिमकुर्वन्, कृशीभूत्वा, ब्रह्माहमस्मीति भावयन्, गुर्वर्थं ग्राममुपेत्य, ध्रुवशीलोऽष्टौ मास्येकाकी चरेत्, द्वावेवाचरेत्। यदालम्बुद्धिर्भवेत् तदा कुटीचको वा बहूदको वा हंसो वा परमहंसो वा तत्तन्मन्त्रपूर्वकं कटिसूत्रं कौपीनं दण्डं कमण्डलुं सर्वमप्सु विसृज्याथ जातरूपधरश्चरेत्। ग्रामैकरात्रं तीर्थे त्रिरात्रं पट्टने पञ्चरात्रं क्षेत्रे सप्तरात्रमनिकेतः स्थिरमतिरनग्निसेवी निर्विकारो नियमानियममुत्सृज्य प्राणसन्धारणार्थमयमेव लाभालाभौ समौ कृत्वा गोवृत्त्या भैक्षमाचरन्नुदकस्थलकमण्डलुरबाधकरहस्यस्थलवासो न पुनर्लाभालाभरतः शुभाशुभकर्मनिर्मूलनपरः सर्वत्र भूतलशयनः क्षौरकर्मपरित्यक्तो मुक्तचातुर्मास्यव्रतनियमः शुक्लध्यानपरायणोऽर्थस्त्रीपुत्रपराङ्मुखोऽनुन्मत्तोऽप्युन्मत्तवदाचरन्नव्यक्तलिङ्गोऽव्यक्ताचारो दिवानक्तसमत्वेनास्वप्नः स्वरूपानुसन्धानब्रह्मप्रणवध्यानमार्गेणावहितः संन्यासेन देहत्यागं करोति स परमहंसपरिव्राजको भवति ॥3-3॥

सभी कालों में लाभ-हानि को समान मानता हुआ वह अपने हाथ में ही थोड़ी भिक्षा ग्रहण कर ले। देह को स्थूल न बनाकर, कृश शरीर वाला होकर. 'मैं ब्रह्म हूँ'—ऐसा भाव रखते हुए वह आठ महीने तक गुरु के लिए भिक्षा माँगने का अडिग निश्चय करे और अकेला ही भ्रमण करता रहे अथवा गुरु-शिष्य दोनों भ्रमण करते रहें। जब उसे अच्छी तरह से पूरा ज्ञान हो जाए तब उसे कुटीचक या बहूदक या हंस या परमहंस होकर, मंत्रपूर्वक कटिसूत्र, कौपीन, कमण्डलु, आदि सभी वस्तुओं को जल में बहाकर (छोड़कर) बच्चे की तरह सर्वत्र भ्रमण करते रहना चाहिए। इस विचरण-काल में गाँव में एक रात्रि, तीर्थ में तीन रात्रि, नगर में पाँच रात्रि तथा क्षेत्र में सात रात्रि तक ही निवास करना चाहिए। इस तरह उसे अनिकेत, स्थिरबुद्धि, अग्निरहित, निर्विकार, नियम-अनियम परित्यागी, लाभ-हानि में समान चित्त वाला होना चाहिए। मात्र प्राणधारण वृत्ति से ही भिक्षा माँगनी चाहिए। जलाशय को ही अपना कमण्डलु मानना चाहिए। उसे बाधारहित किसी एकान्त स्थान में ही रहना चाहिए। उसे लाभ-हानि का विचार नहीं करना चाहिए। उसे भूमि पर ही सोना चाहिए, उसे क्षौरकर्म (हजामत) को छोड़ देना चाहिए। चातुर्मास आदि व्रतों और नियमों से भी उसे मुक्त रहना चाहिए। उसे केवल सात्त्विक ध्यान में ही संलग्न रहना चाहिए। धन, संपत्ति, स्त्री और नगर से उसे हमेशा विमुख ही रहना चाहिए। स्वयं ज्ञान से भरा हुआ होने पर भी उसे बाहर तो पागल की तरह ही व्यवहार करना चाहिए। उसे अपने लिंग और आचार को प्रकट नहीं होने देना चाहिए। ऐसा संन्यासी दिन और रात को समानभाव से देखता है, इसलिए रात को भी जाग्रत् अवस्था में ही रहा करता है। जो निज के स्वरूपानुसन्धान में और प्रणव के ध्यान में मग्न होकर संन्यासमार्ग के द्वारा देह का परित्याग करता है, वह परमहंसपरिव्राजक होता है।

भगवन् ब्रह्मप्रणवः कीदृश इति ब्रह्मा पृच्छति। स होवाच नारायणः। ब्रह्मप्रणवः षोडशमात्रात्मकः सोऽवस्थाचतुष्टयचतुष्टयगोचरः। जाग्रदवस्थायां जाग्रदादिचतस्रोऽवस्थाः, स्वप्ने स्वप्नादिचतस्रोऽवस्थाः, सुषुप्तौ सुषुप्त्यादिचतस्रोऽवस्थाः, तुरीये तुरीयादिचतस्रोऽवस्था भवन्तीति। व्यष्टिजाग्रदवस्थायां विश्वस्य चातुर्विध्यं विश्वविश्वो विश्वतैजसो विश्वप्राज्ञो विश्वतुरीय इति। व्यष्टिस्वप्नावस्थायां तैजसस्य चातुर्विध्यं तैजसविश्वस्तैजसतैजसस्तैजसप्राज्ञस्तैजसतुरीय इति। सुषुप्त्यवस्थायां प्राज्ञस्य चातुर्विध्यं प्राज्ञविश्वः प्राज्ञतैजसः प्राज्ञप्राज्ञः प्राज्ञतुरीय इति। तुरीयावस्थायां तुरीयस्य चातुर्विध्यं तुरीयविश्वस्तुरीयतैजसस्तुरीयप्राज्ञस्तुरीयतुरीय इति। एते क्रमेण षोडशमात्रारूढाः। अकारे जाग्रद्विश्व उकारे जाग्रत्तैजसो मकारे जाग्रत्प्राज्ञ अर्धमात्रायां जाग्रत्तुरीयः, बिन्दौ स्वप्नविश्वः, नादे स्वप्नतैजसः, कलायां स्वप्नप्राज्ञः, कलातीते स्वप्नतुरीयः, शान्तौ सुषुप्तविश्वः, शान्त्यतीते सुषुप्ततैजसः, उन्मन्यां सुषुप्तप्राज्ञः, मनोन्मन्यां सुषुप्ततुरीयः, तुर्यां तुरीयविश्वः, मध्यमायां तुरीयतैजसः, पश्यन्त्यां तुरीयप्राज्ञः, परायां तुर्यतुरीयः। जाग्रन्मात्राचतुष्टयमकारांशं स्वप्नमात्राचतुष्टयमुकारांशं सुषुप्तिमात्राचतुष्टयं मकारांशं तुरीयमात्राचतुष्टयमर्धमात्रांशम्। अयमेव ब्रह्मप्रणवः। स परमहंसतुरीयातीतावधूतैरुपास्यः। तेनैव ब्रह्म प्रकाशते। तेन विदेहमुक्तिः ॥4॥

ब्रह्माजी ने आदिनारायण से पूछा—'हे भगवन्! ब्रह्मप्रणव कैसा होता है?' तब आदिनारायण ने कहा—ब्रह्मप्रणव सोलह मात्राओं वाला होता है। चारों अवस्थाओं में प्रत्येक अवस्था की चार-चार स्थितियाँ होने से कुल मिलाकर सोलह मात्राएँ होती हैं। जाग्रत् अवस्था मे मुख्य जाग्रत् के साथ अन्य तीन अवस्थाएँ, स्वप्नावस्था में मुख्य स्वप्नावस्था के साथ अन्य तीन अवस्थाएँ, सुषुप्ति में भी मुख्य सुषुप्ति के साथ शेष की तीन अवस्थाएँ और तुरीय में भी मुख्य तुरीयावस्था के साथ शेष तीन के मिलने से कुल सोलह अवस्थाएँ होती हैं। व्यष्टि जाग्रदवस्था में विश्व के चार रूप होते हैं—विश्वविश्व, विश्वतैजस, विश्वप्राज्ञ और विश्वतुरीय। इस प्रकार व्यष्टि स्वप्नावस्था में तैजस के भी चार रूप होते हैं—तैजसविश्व, तैजसतैजस, तैजसप्राज्ञ और तैजसतुरीय। इसी प्रकार सुषुप्ति अवस्था में व्यष्टिप्राज्ञ के भी चार रूप होते हैं—प्राज्ञविश्व, प्राज्ञतैजस, प्राज्ञप्राज्ञ और प्राज्ञतुरीय। और इसी प्रकार तुरीयावस्था में तुरीय के भी चार भेद होते हैं—तुरीयविश्व, तुरीयतैजस, तुरीयप्राज्ञ और तुरीयतुरीय। इस प्रकार यह ब्रह्मप्रणव षोडशमात्रात्मक होता है। अकार में जाग्रत्-विश्व, उकार मे जाग्रत्-तैजस और मकार में जाग्रत्-प्राज्ञ होता है। अर्धमात्रा में जाग्रत्-तुरीय, बिन्दु में स्वप्न-विश्व, नाद में स्वप्नतैजस, कला में स्वप्नप्राज्ञ और कलातीत में स्वप्नतुरीय होता है। शान्ति में सुषुप्तविश्व, शान्त्यतीत में सुषुप्ततैजस, उन्मनी में सुषुप्तप्राज्ञ और मनोन्मनी अवस्था में सुषुप्ततुरीय होता है। तुरीया (वैखरी) में तुरीयविश्व, मध्यमा में तुरीयतैजस, पश्यन्ती में तुरीयप्राज्ञ और परा में तुरीयतुरीय होता है। प्रणव—ॐ कार के अकारांश में जाग्रत् अवस्था की चार मात्राएँ हैं, उकारांश में स्वप्नावस्था की चार मात्राएँ हैं, मकारांश में सुषुप्तावस्था की चार मात्राएँ हैं और अर्धमात्रा में तुरीयावस्था की चार मात्राएँ हैं। यही ब्रह्मप्रणव है। यह ब्रह्मण्णव ही परमहंस तुरीयातीत अवधूतों का उपास्य है। इसी के द्वारा ब्रह्म प्रकाशित होता है और इसी से विदेहमुक्ति प्राप्त होती है।

भगवन् कथमयज्ञोपवीत्यशिखी सर्वकर्मपरित्यक्तः? कथं ब्रह्मनिष्ठापरः? कथं ब्राह्मणः? इति ब्रह्मा पृच्छति। स होवाच विष्णुः। भो भोऽर्भक यस्यास्त्यद्वैतमात्मज्ञानं तदेव यज्ञोपवीतम्। तस्य ध्याननिष्ठैव शिखा। तत्कर्म सपवित्रम्। स सर्वकर्मकृत् स ब्राह्मणः स ब्रह्मनिष्ठापरः स देवः स ऋषिः स तपस्वी स श्रेष्ठः स एव सर्वज्येष्ठः स एव जगद्गुरुः स एवाहं विद्धि। लोके परमहंसपरिव्राजको दुर्लभतरः। यद्येकोऽस्ति स एव नित्यपूतः स एव वेदपुरुषः। महापुरुषो यस्तच्चित्तं मय्येवावतिष्ठते। अहं च तस्मिन्नेवावस्थितः। स एव नित्यतृप्तः। स शीतोष्णसुखदुःखमानावमानवर्जितः। स निन्दामर्षसहिष्णुः। स षड्ऊर्मिवर्जितः षड्भावविकारशून्यः। स ज्येष्ठाज्येष्ठव्यवधानरहितः। स स्वव्यतिरेकेण नान्यद्रष्टा। आशाम्बरो न नमस्कारो न स्वाहाकारो न स्वधाकारश्च न विसर्जनपरो निन्दास्तुतिव्यतिरिक्तो न मन्त्रतन्त्रोपासको देवान्तरध्यानशून्यो लक्ष्यालक्ष्यनिवर्तकः सर्वोपरतः स सच्चिदानन्दाद्वयचिद्घनः सम्पूर्णानन्दैकबोधो ब्रह्मैवाहमस्मीत्यनवरतं ब्रह्मप्रणवानुसन्धानेन यः कृतकृत्यो भवति स ह परमहंसपरिव्राडित्युपनिषत् ॥5॥

इति परमहंसपरिव्राजकोपनित्समाप्ता।

ब्रह्मा ने फिर पूछा—"भगवन्! यज्ञोपवीतरहित, शिखारहित, सर्वकर्मपरित्यागी भी कैसे ब्रह्मनिष्ठ और ब्राह्मण हो सकता है?" तब विष्णु ने कहा—अरे बालक! अद्वैतरूप आत्मज्ञान ही उसका यज्ञोपवीत है और ध्याननिष्ठा ही उसकी शिखा है। वह अपने सत्कर्मों से पवित्र हो जाता है। सभी कर्मों को वह कर चुका है। वह ब्राह्मण है, वह ब्रह्मनिष्ठ है, वह ब्रह्मपरायण है, वह देव है, वह ऋषि है, वह तपस्वी है, वह श्रेष्ठ है। वह सर्वज्येष्ठ है, वह जगद्गुरु है। वह मैं (विष्णु) ही हूँ ऐसा जानना चाहिए। इस लोक में परमहंस परिव्राजक दुर्लभ ह। यदि एकाध होता है तो वह नित्यपावन और वेदपुरुष है। मुझमें ही चित्त को अवस्थित रखने वाला वह महापुरुष है, मैं उसी में रहता हूँ। वही नित्यतृप्त होता है। सर्दी-गर्मी, मानापमान और सुख-दुःखादि से वह रहित होता है। वह निन्दा और क्रोध को सहन कर लेने वाला होता है। वह छः ऊर्मियों से रहित होता है, वह छः भावविकारों से भी शून्य ही होता है। उसकी दृष्टि में छोटे-बड़े का कोई भेदभाव नहीं रहता। (वह समदर्शी होता है।) वह सभी जगह अपने आत्मा के सिवा अन्य कुछ भी नहीं देखता। दिशाएँ ही उसका वस्त्र होती हैं। वह नमस्कार, स्वाहाकार, स्वधाकार और विसर्जनादि कुछ भी नहीं करता, निन्दा-स्तुति से वह परे रहता है। वह मंत्र-तंत्र-उपासना कुछ भी नहीं करता। किसी अन्य देव का ध्यान भी नहीं करता। वह लक्ष्यालक्ष्य से रहित और सभी से उपरत ही हो जाता है। वह सच्चिदानन्द, अद्वैत, चिद्घन और संपूर्ण आनन्द के बोधयुक्त, 'मैं ब्रह्म हूँ—ऐसी निरंतर भावना ही रखने वाला है। जो प्रणवब्रह्म के अनुसन्धान से कृतकृत्य हो जाता है। उसे ही परमहंसपरिव्राजक कहा जाता है, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

इस प्रकार परमहंसपरिव्राजकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

(69) अक्षमालिकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

ऋग्वेद परम्परा की यह उपनिषद् गद्यात्मक है। जिसे विद्वानों ने छोटी-मोटी सोलह कण्डिकाओं में विभक्त किया है। यह उपनिषद् प्रजापति ब्रह्मा और कार्तिकेय के संवाद के रूप में है। इसमें अक्षमाला के विषय में कहा गया है। अक्षमाला का लक्षण, उसके भेद, उसके सूत्र, गूँथने की रीति, उसका वर्ण, उसकी अधिष्ठाता देवता—आदि बहुत कुछ कहा गया है। इसके उपरान्त भी अक्षमाला में ब्रह्मादि की भावना, उसके शोधन की प्रक्रिया, उसके प्रत्येक अक्ष में विशिष्ट मंत्र का संयोजन, देवता, मंत्र, विद्या और तत्त्व का सामीप्य पाने के लिए जपादि बताए गए हैं, अक्षमाला की स्तुति भी की गई है। और अन्त में उपनिषत् की फलश्रुति भी कही गई है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि प्रतिष्ठिता मनो मे वाचि प्रतिष्ठितमाविरावीर्म एधि। वेदस्य म आणीस्थः श्रुतं मे मा प्रहासीरनेनाधीतेनाहोरात्रान्सन्दधाम्यृतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु अवतु मामवतु वक्तारमवतु वक्तारम्॥

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

हे परमात्मन्! मेरी वाणी मन में स्थिर हो, मन वाणी में स्थिर हो। हे प्रकाशरूप परमात्मन्! मेरे लिए तुम प्रकट हो। (हे वाणी और हे मन!) तुम मेरे लिए वेदविषयक ज्ञान को लाने वाले हो। मेरा श्रुतज्ञान मेरे से कभी विस्मृत न हो। इस स्वाध्याय से मैं दिनों और रात्रियों को एक कर दूँ। मैं परमसत्य ही बोलूँगा। सत्य ही बोला करूँगा। वह ब्रह्म मेरी रक्षा करे। वह ब्रह्म आचार्य की रक्षा करे, रक्षा करे मेरी और रक्षा करे आचार्य की।

ॐ त्रिविध तापों की शान्ति हो।

अथ प्रजापतिर्गुहं पप्रच्छ—भो भगवन् अक्षमालाभेदविधिं ब्रूहीति। सा किंलक्षणा कतिभेदा अस्याः कति सूत्राणि कथं घटनाप्रकारः के वर्णाः का प्रतिष्ठा कैवास्याधिदेवता किं फलं चेति॥1॥

एक समय प्रजापति ने गुह से (कार्तिकेय से) पूछा—"हे भगवन्! आप कृपा करके अक्षमाला की भेदविधि कहिए, कि इसका लक्षण क्या है? इसके भेद कितने हैं? इसके सूत्र कितने हैं? पिरोने के प्रकार कैसे होते हैं? कौन से अक्षर हैं? क्या प्रतिष्ठा है? कौन इसकी अधिदेवता है? और इसका फल क्या होता है?'

तं गुहः प्रत्युवाच—प्रवालमौक्तिकस्फटिकशङ्खरजताष्टापदचन्दनपुत्रजीविकाब्जे रुद्राक्षा इति आदिक्षान्तमूर्तिसंविधानुभावाः। सौवर्णं राजतं ताम्रं चेति सूत्रत्रयम्। तद्विवरे सौवर्णं तद्दक्षपार्श्वे राजतं तद्वामे ताम्रं तन्मुखे मुखं तत्पुच्छे पुच्छं तदन्तरावर्तनक्रमेण योजयेत्॥2॥

तब गुह ने उत्तर में उनसे कहा कि हे ब्रह्मन्! यह अक्षमाला प्रवाल, मोती, स्फटिक, शंख, चाँदी, सुवर्ण, चन्दन, पुत्रजीविका, कमल और रुद्राक्ष—इन दस प्रकार की बनती है। ये 'अ' से लेकर 'क्ष' तक के अक्षरों से विधिपूर्वक धारण की जाती हैं। सोने, चाँदी और ताँबे से मिश्रित तीन सूत्र होते हैं। इन तीन सूत्रों में सोना मनकों के सामने के मुखविवर में होता है और चाँदी दाहिने भाग में होती है, तथा ताँबा बाँयें हिस्से में। उसे मुख में मुख तथा पूँछ के साथ पूँछ के क्रम में नियोजित करना चाहिए।

यदस्यान्तरं सूत्रं तद्ब्रह्म। यद्दक्षपार्श्वे तच्छैवम्। यद्वामे तद्वैष्णवम्। यन्मुखं सा सरस्वती। यत् पुच्छं सा गायत्री। यत् सुषिरं सा विद्या। या ग्रन्थिः सा प्रकृतिः। ये स्वरास्ते धवलाः। ये स्पर्शास्ते पीताः। ये परास्ते रक्ताः॥3॥

जो इसके अन्दर का सूत्र है, वही ब्रह्म है। जो दाहिने भाग में है, वही शैव है। जो बाँयें हिस्से में है, वही वैष्णव है। जो मुख है वही सरस्वती है, और जो पूँछ है वह गायत्री है। जो छिद्र है वह विद्या है। जो गाँठ है वह प्रकृति है। जो स्वर हैं वे धवल (श्वेत) हैं। जो स्पर्श (व्यञ्जन) हैं, वे पीले हैं। जो परा अर्थात् तम और सत् से भिन्न हैं वे लाल रंग के हैं।

अथ तां पञ्चभिर्गव्यैरमृतैः पञ्चभिर्गव्यैस्तनुभिः शोधयित्वा पञ्चभिर्गव्यैर्गन्धोदकेन संस्नाप्य तस्मात् सोङ्कारेण पत्रकूर्चेन स्नपयित्वाऽष्टभिर्गन्धैरालिप्य सुमनःस्थले निवेश्याक्षतपुष्पैराराध्य प्रत्यक्षमादिक्षान्तैर्वर्णैर्भावयेत्॥4॥

इसके बाद उस माला को पाँच गायों के दूध से तथा पंचगव्य से—गोमूत्र, गोमय, गोदुग्ध, गोदधि और गोघृत से—शोधित करके फिर से पंचगव्य और गन्धमिश्रित जल से ठीक तौर से स्नान करवाकर ॐ कार का उच्चारण करते हुए पत्तों के कूर्च से (कूर्ची से) जल छिड़ककर आठ प्रसिद्ध गन्धों से उसका लेपन करना चाहिए। और पुष्पित स्थान पर उसे प्रतिष्ठित करना चाहिए। और बाद में अक्षत-पुष्पादि के द्वारा उसका पूजन करना चाहिए। हरएक अक्ष (मनके) को 'अ' से लेकर 'क्ष' तक के अक्षरों द्वारा क्रमशः भावित करना चाहिए।

ओमङ्कार मृत्युञ्जय सर्वव्यापक प्रथमेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमाङ्कारा-कर्षणात्मक सर्वगत द्वितीयेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमिङ्कार पुष्टिदाक्षोभकर तृतीयेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमीङ्कार वाक्प्रसादकर निर्मल चतुर्थेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमुङ्कार सर्वबलप्रद सारतर पञ्चमेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमूङ्कारोच्चाटनकर दुःसह षष्ठेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमृङ्कार संक्षोभकर चञ्चल सप्तमेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमॄङ्कार सम्मोहनकरोज्ज्वलाष्टमेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओम्लृङ्कार विद्वेषणकर मोहक नवमेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओम्लॄङ्कार मोहकर दशमेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमेङ्कार सर्ववश्यकर शुद्धसत्त्वैकादशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमैङ्कार शुद्धसात्त्विक पुरुषवश्यकर द्वादशेऽक्षे प्रतितिष्ठ।



ओमोङ्काराखिलवाङ्मय नित्यशुद्ध त्रयोदशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमौङ्कार सर्ववाङ्मय वश्यकर शान्त चतुर्दशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमङ्कार गजादिवश्यकर मोहन पञ्चदशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ओमःकार मृत्युनाशनकर रौद्र षोडशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ कङ्कार सर्वविषहर कल्याणद सप्तदशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ खङ्कार सर्वक्षोभकर व्यापकाष्टादशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ गङ्कार सर्वविघ्नशमन महत्तरैकोनविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ घङ्कार सौभाग्यद स्तम्भनकर विंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ ङङ्कार सर्वविषनाशकरोग्रैकविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ चङ्काराभिचारघ्न क्रूर द्वाविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ छङ्कार भूतनाशकर भीषण त्रयोविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ जङ्कार कृत्याऽऽदिनाशकर दुर्धर्ष चतुर्विंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ झङ्कार भूतनाशकर पञ्चविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ ञङ्कार मृत्युप्रमथन षड्विंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ टङ्कार सर्वव्याधिहर सुभग सप्तविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ ठङ्कार चन्द्ररूपाष्टाविंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ डङ्कार गरुडात्मक विषघ्न शोभनैकोनत्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ ढङ्कार सर्वसंपत्प्रद सुभग त्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ णङ्कार सर्वसिद्धिप्रद मोहकरैकत्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ तङ्कार धनधान्यादिसम्पत्प्रद प्रसन्न द्वात्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ थङ्कार धर्मप्राप्तिकर निर्मल त्रयस्त्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ दङ्कार पुष्टिवृद्धिकर प्रियदर्शन चतुस्त्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ धङ्कार विषज्वरनिघ्न विपुल पञ्चत्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ नङ्कार भुक्तिमुक्तिप्रद शान्त षट्त्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ पङ्कार विषविघ्ननाशन भव्य सप्तत्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ फङ्काराणिमादिसिद्धिप्रद ज्योतीरूपाष्टत्रिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ बङ्कार सर्वदोषहर शोभनैकोनचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ भङ्कार भूतप्रशान्तिकर भयानक चत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ मङ्कार विद्वेषिमोहनकरैकचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ यङ्कार सर्वव्यापक पावन द्विचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ रङ्कार दाहकर विकृत त्रिचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ लङ्कार विश्वंभर भासुर चतुश्चत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ वङ्कार सर्वाप्यायनकर निर्मल पञ्चचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ शङ्कार सर्वफलप्रद पवित्र षट्चत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ षङ्कार धर्मार्थकामद धवल सप्तचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ सङ्कार सर्वकारण सार्ववर्णिकाष्टचत्वारिंशेऽक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ हङ्कार सर्ववाङ्मय निर्मलैकोनपञ्चाशदक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ ळङ्कार सर्वशक्तिप्रद प्रधान पञ्चाशदक्षे प्रतितिष्ठ। ॐ क्षङ्कार परापरतत्त्वज्ञापक परंज्योतीरूप शिखामणौ प्रतितिष्ठ ॥5॥

हे अकार ! तुम मृत्युंजय हो, सर्वव्यापी हो, इस प्रथम मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे आकार ! तुम आकर्षणात्मक और सर्वगत हो इस द्वितीय मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ ! हे इकार ! तुम पुष्टिदायक और क्षोभरहित हो, इस तीसरे मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ईकार ! तुम वाणी को

प्रासादिक बनाने वाले और निर्मल हो, इस चौथे मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे उकार ! तुम सभी को बल देने वाले तथा सारतत्त्वों में अधिक हो, पाँचवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ऊकार ! तुम उच्चाटनकारक और असह्य हो, छठे मनके में प्रतिष्ठित हो। हे ऋकार ! तुम चित्त को क्षुभित करने वाले और चंचल हो, सातवें अक्ष में स्थापित हो। हे ॠकार ! तुम संमोहक और उज्ज्वल हो, आठवें अक्ष में स्थापित हो। हे ऌकार ! तुम विद्वेषकारक और मोहक हो, नवम अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ॡकार ! तुम मोहक हो दसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो। हे एकार ! तुम सबको वश में करने वाले और शुद्ध सत्त्वमय हो, ग्यारहवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ ! हे ऐकार ! तुम शुद्ध, सात्त्विक और पुरुषों को वश में लाने वाले हो, बारहवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ ! हे ओकार ! तुम अखिल वाङ्मयरूप और नित्यशुद्ध हो, तेरहवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे औकार ! तुम सभी वाङ्मय को वश में करने वाले तथा शान्त हो, तुम चौदहवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे अंकार ! तुम हाथी आदि सबको वश में लाने वाले हो, तुम पंद्रहवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे अःकार ! तुम मृत्युनाशक और रौद्र हो, सोलहवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे सर्वविष को हरने वाले और कल्याणकारी ककार ! तुम सत्रहवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो। हे सबको क्षुब्ध करने वाले व्यापक खकार ! तुम अठारहवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे गकार ! तुम सभी विघ्नों को शान्त करने वाले हो, और बड़े से भी बड़े हो, तुम उन्नीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे घकार ! तुम सौभाग्यकारी और गति को रोकने वाले हो, तुम बीसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ङकार ! तुम सभी प्रकार के विषों का नाश करने वाले और उग्र हो, तुम एक्कीसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो। हे चकार ! तुम अभिचारों (जादू-टोनों) के नाशक और उग्र हो, तुम बाईसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे छकार ! तुम भूतनाशकारी और भयंकर हो, तेईसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे जकार ! तुम डाकिनी आदि के नाशक और दुर्धर्ष हो, चौबीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे झकार ! तुम भूतनाशक हो, पच्चीसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ञकार ! तुम मृत्यु को मथने वाले हो, तुम छब्बीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे टकार ! तुम सर्वपीडाहर और अच्छे भाग्यवाले हो, तुम सत्ताईसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ठकार ! तुम चन्द्ररूप हो, अट्ठाइसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे डकार ! तुम गरुडरूप हो, विषों को दूर करने वाले हो और सुन्दर हो, तुम उनतीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे ढकार ! तुम सभी संपत्ति को देने वाले और सुन्दर हो, तुम तीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे णकार ! तुम सर्वसिद्धि को देने वाले और मोहकारक हो, तुम इकतीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे तकार ! तुम धनधान्यादि संपत्ति को देने वाले और प्रसन्न हो, तुम बत्तीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे थकार ! तुम धर्मप्राप्तिकारक और निर्मल हो, तुम तैंतीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे दकार ! तुम पुष्टि और वृद्धि करने वाले हो, तुम चौंतीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे धकार ! तुम विष और ज्वर को दूर करने वाले हो और विपुल हो, तुम पैंतीसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे नकार ! तुम भोग और मुक्ति देने वाले हो और शान्त हो, तुम छत्तीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे पकार ! तुम विष की पीड़ा का नाश करने वाले और भव्य हो, तुम सैंतीसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे फकार ! तुम अणिमादि सिद्धि देने वाले और ज्योतिरूप हो, तुम अड़तीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे बकार ! तुम सभी दोषों को दूर करने वाले और सुन्दर हो, तुम उनचालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे भकार ! तुम भूतों की शान्ति करने वाले और भयानक हो, तुम चालीसवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो। हे मकार ! तुम विद्वेष करने वालों में मोह उत्पन्न करने वाले हो, तुम एकतालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे यकार ! तुम सर्वव्यापक और पवित्र हो, तुम बयालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे रकार ! तुम दाहक और विकृत हो, तुम तिरालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे

लकार ! तुम विश्वंभर और तेजस्वी हो, तुम चौवालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे वकार ! तुम सर्वदोषहर और निर्मल हो, पैंतालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे शकार ! तुम सर्वफलदायक और पवित्र हो, छियालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ। हे षकार ! तुम धर्म-अर्थ-काम को देने वाले और श्वेत (उज्ज्वल) हो, तुम सैंतालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे सकार ! तुम सबके कारण और सार्ववर्णिक हो, तुम अड़तालीसवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे हकार, तुम तो सर्ववाङ्मय और निर्मल हो, तुम उनचासवें मनके में प्रतिष्ठित हो। हे ळकार ! तुम सर्वशक्तिमान और मुख्य हो, पचासवें अक्ष में प्रतिष्ठित हो। हे क्षकार ! तुम पर और अपर तत्त्व को बताने वाले हो, परमज्योतिरूप हो, तुम शिखामणि में अर्थात् मेरुमाला के मुख्य मनके में प्रतिष्ठित हो जाओ।

अथोवाच ये देवाः पृथिवीषदस्तेभ्यो नमो भगवन्तोऽनुमदन्तु शोभायै पितरोऽनुमदन्तु शोभायै ज्ञानमयीमक्षमालिकाम् ॥6॥

उन्होंने बाद में कहा कि पृथ्वी में भ्रमण करने वाले जो देवता हैं, उन्हें हम प्रणाम करते हैं। हे भगवन्तो, मेरे द्वारा इस माला के स्वीकार की अनुमति दें। इसकी प्रतिष्ठा के लिए पितृगण भी अनुमति दें। इस ज्ञानरूपिणी अक्षमाला को प्राप्त करने के लिए पितरों की स्वीकृति हो।

अथोवाच ये देवा अन्तरिक्षसदस्तेभ्य ॐ नमो भगवन्तोऽनुमदन्तु शोभायै पितरोऽनुमदन्तु शोभायै ज्ञानमयीमक्षमालिकाम् ॥7॥

और कहा कि अन्तरिक्ष के निवासी देवों को नमस्कार हो। वे भी पितरों के साथ ही साथ इस अक्षमाला में प्रतिष्ठित हों। इस ज्ञानमयी माला की शोभा के लिए वे भी अपनी अनुमति प्रदान करें।

अथोवाच ये देवा दिविषदस्तेभ्यो नमो भगवन्तोऽनुमदन्तु शोभायै पितरोऽनुमदन्तु शोभायै ज्ञानमयीमक्षमालिकाम् ॥8॥

और कहा कि स्वर्ग में निवास करने वाले देवता भी इस ज्ञानस्वरूपिणी अक्षमाला में प्रतिष्ठित हों और वे देव सब वरदायक होकर पितरों के साथ ही इस माला की शोभा (प्रतिष्ठा) के लिए अपनी अनुमति प्रदान करें।

अथोवाच ये मन्त्रा या विद्यास्तेभ्यो नमस्ताभ्यश्चोन्नमस्तच्छक्तिरस्याः प्रतिष्ठापयति ॥9॥

अथोवाच ये ब्रह्माविष्णुरुद्रास्तेभ्यः सगुणेभ्य ॐ नमस्तद्वीर्यमस्याः प्रतिष्ठापयति ॥10॥

आगे कहा कि 'इस लोक में जितने मंत्र हैं और जितनी विद्याएँ हैं, उन्हें नमस्कार हो। उन सभी का शक्तिसमूह इस माला को प्रतिष्ठापित (शोभित) करे। आगे कहा कि—जो ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं, उन्हें नमस्कार हो, नमस्कार हो, उनकी शक्ति इस माला को प्रतिष्ठा प्रदान करे। (उनका वीर्य-पराक्रम-तेज इस माला में शामिल हो)।

अथोवाच ये सांख्यादितत्त्वभेदास्तेभ्यो नमो वर्तध्वं विरोधे निवर्तध्वम् ॥11॥

अथोवाच ये शैवा वैष्णवाः शाक्ताः शतसहस्रशस्तेभ्यो नमो नमो भगवन्तोऽनुमदन्त्वनुगृह्णन्तु ॥12॥

जो सांख्य आदि दर्शनों में तत्त्वों के भेद किए गए हैं, उन्हें नमस्कार हो ! (हे तत्त्वो) आप सब बुद्धि प्रदान करें। विरोध का शमन करें। और आगे कहा कि—जो शैव, शाक्त, वैष्णव लोग सैंकड़ों वर्षों से यहाँ निवास कर रहे हैं, उन सबको भी बार-बार नमस्कार है। हे भगवन्तो ! हमको अनुमति दें, हम पर अनुग्रह करें।

अथोवाच याश्च मृत्योः प्राणवत्यस्ताभ्यो नमो नमस्तेनैतां मृडयत मृडयत ॥13॥

पुनरेतस्यां सर्वात्मकत्वं भावयित्वा भावेन पूर्वमालिकामुत्पाद्यारभ्य तन्मयीं महोपहारैरुपहृत्यादिक्षान्तैरक्षैरक्षमालामष्टोत्तरशतं स्पृशेत् ॥14॥

आगे बोले कि—मृत्यु की जो आश्रित शक्तियाँ हैं, उन्हें भी नमस्कार हो, आप मेरी इस वन्दनस्तुति से प्रसन्न हों। इस अक्षमालिका के द्वारा आप उपासकों को सुख प्रदान करें, सुख प्रदान ही करें। फिर उस अक्षमालिका में सार्वत्रिकता की (सर्वात्मिकता की) भावना करके और उसी भावना से आधी माला को पिरोकर और आधी में (पचास मनकों में) उसी प्रकार की भावना करके माला को पूर्ण करे (इस प्रकार सौ की संख्या पूर्ण करे)। और बाकी के जो आठ मनके बचे हैं उनमें अ, क, च, ट, त, प, य, श—इस अष्टवर्ग को पूर्वोक्त क्रम से नियोजित करे। इस प्रकार मनकों की संख्या एक सौ आठ हो जाती है। (मेरु में तो 'क्ष' ही रहेगा।)

अथ पुनरुत्थाप्य प्रदक्षिणीकृत्योंनमस्ते भगवति मन्त्रमातृकेऽक्षमाले सर्ववशंकर्योनमस्ते भगवति मन्त्रमातृकेऽक्षमालिकेऽशेषस्तम्भिन्यों-नमस्ते भगवति मन्त्रमातृकेऽक्षमाले उच्चाटन्योंनमस्ते भगवति मन्त्रमातृकेऽक्षमाले विश्वामृत्यों मृत्युंजयस्वरूपिणी सकलोद्दीपिनि सकललोकरक्षाधिके सकललोकोज्जीविके सकलोत्पादिके दिवा-प्रवर्तिके रात्रिप्रवर्तिके नद्यन्तरं यासि देशान्तरं यासि द्वीपान्तरं यासि लोकान्तरं यासि सर्वदा स्फुरसि सर्वहृदि वासयसि। नमस्ते परारूपे नमस्ते पश्यन्तीरूपे नमस्ते मध्यमारूपे नमस्ते वैखरीरूपे सर्वतत्त्वात्मिके सर्वविद्याऽऽत्मिके सर्वशक्त्यात्मिके सर्वदेवात्मिके वसिष्ठेन मुनिना-ऽऽराधिते विश्वामित्रेण मुनिनोपसेव्यमाने नमस्ते नमस्ते ॥15॥

(स्तुति के बाद) उसे उठाकर प्रदक्षिणा करके फिर से हाथ जोड़कर कहना चाहिए कि—हे भगवती मंत्रमातृके ! हे अक्षमाला, तुम सभी को वश करने वाली हो, तुम्हें प्रणाम हो। हे मंत्रमातृका, हे अक्षमाला, तुम सबकी गति की अवरोधक और उच्चाटन करने वाली हो, तुम्हें प्रणाम। हे मंत्रमातृका, हे अक्षमाला, तुम्हीं सबका मृत्युस्वरूप और मृत्युंजय भी हो, तुम्हीं सबको उद्दीपित करने वाली हो, साथ ही साथ तुम सब लोगों की रक्षा करने वाली हो, संपूर्ण विश्व की प्राणदात्री हो, सब कुछ उत्पन्न करने वाली हो, तुम रात-दिन की प्रवर्तक, और एक नदी से अन्य नदी में, एक देश से अन्य देश में, एक द्वीप से दूसरे द्वीप में, एक लोक से दूसरे लोक में यथेच्छ जाने वाली हो। तुम सभी स्थलों में और सभी के हृदयों में स्फुरित रहती हो, एवं निवास कर रही हो। तुम परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी—इन चारों प्रकार की वाणियों के रूप में हो। तुम्हें बार-बार नमस्कार हो। तुम समस्त तत्त्वरूपों

को धारण किए हुए हो। सर्व विद्याओं और सर्व शक्तियों की अधिष्ठात्री और सर्वदेवगणों की आराध्या हो। तुम वसिष्ठादि मुनियों से वन्दित, विश्वामित्र द्वारा उपसेव्यमान हो, तुम्हें बार-बार नमस्कार हो।

प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। तत् सायं प्रातः प्रयुञ्जानः पापोऽपापो भवति। एवमक्ष-मालिकया जप्तो मन्त्रः सद्यः सिद्धिकरो भवतीत्याह भगवान् गुहः प्रजापतिमित्युपनिषत् ॥16॥

इत्यक्षमालिकोपनिषत्समाप्ता।

इस उपनिषत् का प्रातःकाल में पाठ करने वाला मनुष्य रात्रि में किए पापों से मुक्त होता है। और सायंकाल में पाठ करने वाला दिन में किए गए पापों से मुक्त होता है। जो सायं-प्रातः दोनों काल इसका निरन्तर पाठ करता है, वह बड़ा पापकृत्य करने वाला हो, तो भी पापमुक्त हो जाता है। भगवान् गुह ने प्रजापति से अन्त में यही कहा कि इस प्रकार की अभिमंत्रित अक्षमाला से जपा हुआ मंत्र शीघ्र फलदायक (सिद्धिदायक) होता है। ऐसी यह उपनिषत् है।

इस प्रकार अक्षमालिकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि---वक्तारमवतु वक्तारम्। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(70) अव्यक्तोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

सामवेद परंपरा की यह उपनिषद् गद्यात्मक है। अर्थ और विषय की सरलता के लिए इसे सात खण्डों में व्यवस्थित किया गया है। प्रत्येक खण्ड में भी उपविभाजित कण्डिकाएँ हैं। इसी उपनिषत् का दूसरा नाम अव्यक्तनृसिंहोपनिषत् भी है। इसमें कहा गया है कि उत्पत्ति के पूर्व कुछ था ही नहीं, केवल चेतन था। उसे छोटा-बड़ा, रूप-अरूप, कुछ नहीं कहा जा सकता—ऐसा अज्ञेय आनंदरूप कुछ था। उसने अपने दो भाग किए—एक पुरुष हुआ और दूसरा माया। फिर एक सुवर्णाण्ड—ब्रह्माण्डरूप अण्डा हुआ। उसमें से ब्रह्मा हुए। उन्होंने अपने बारे में बहुत सोचा। तब आकाशवाणी हुई। ब्रह्मा ने तप करके वाणी का स्वरूप जाना। फिर ब्रह्मा ने विष्णु के दर्शन किए। महाविष्णु ने उन्हें व्यक्त का (उनके कर्तव्य का) स्वरूप समझाया। महाविष्णु के उपदेशानुसार सब कुछ करके ही ब्रह्म इस जगत् की सृष्टि करने में समर्थ हुए।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि---ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमः खण्डः

पुरा किलेदं न किञ्चनासीन्न द्यौर्नान्तरिक्षं न पृथिवी केवलं ज्योतीरूपम-नाद्यनन्तमनण्वस्थूलरूपमरूपं रूपवदविज्ञेयमानन्दमयमासीत् ॥1.1॥

पहले यह कुछ था ही नहीं। न द्युलोक था, न अन्तरिक्ष था। न पृथिवी ही थी। केवल एक ज्योतिरूप, अनादि, अनन्त, अनणु, अस्थूल, न रूपी न अरूपी, अविज्ञेय और आनन्दमय कुछ था।

तदनन्यत्तद्द्वेधाभूद्धरितमेकं रक्तमपरम्। तत्र यद्रक्तं तत् पुंसो रूपमभूत्। यद्धरितं तन्मायायाः। तौ समागच्छतः। तयोर्वीर्यमेवमनन्दत्। तद-वर्धत। तदण्डमभूद्धैमम्। तत् परिणममानमभूत्। ततः परमेष्ठी व्यजा-यत ॥1.2॥

वह जो था, उसने अपने दो भाग किए। उन भागों में जो लाल था वह पुरुष का रूप था और जो हरित वर्ण का था वह माया का रूप था। उन दोनों का मिलन हुआ। उनके वीर्य की तुष्टि हुई। वह बढ़ने लगा। और वह सोने का अण्डा हुआ। उसका परिणमन होने लगा। उसमें से परमेष्ठी (ब्रह्मा) उत्पन्न हुए।

सोऽभिजिज्ञासत किं मे कुलं किं मे कृत्यमिति। तं ह वागदृश्य-मानाभ्युवाच, भो भो प्रजापते त्वमव्यक्तादुत्पन्नोऽसि व्यक्तं ते कृत्य-मिति। किमव्यक्तं यस्मादहमासिषम्। किं तद्व्यक्तं यन्मे कृत्यमिति। साब्रवीदविज्ञेयं हि तत् सौम्य तेजः। यदविज्ञेयं तदव्यक्तम्। तच्चेज्जि-ज्ञाससि मामवगच्छेति। स होवाच कैषा त्वं ब्रह्मवाग्वदसि शंसात्मानमिति। सा त्वब्रवीत्तपसा मां जिज्ञासस्वेति। स ह सहस्रं समा ब्रह्मचर्यमध्युवासाध्युवास ॥1.3॥

इति प्रथमः खण्डः।

उसे जिज्ञासा हुई—'मेरा कुल क्या है ? मेरा यहाँ कार्य क्या है ?' तब उन्हें अदृश्य वाणी ने बताया—'हे प्रजापति, तुम अव्यक्त से उत्पन्न हुए हो। अव्यक्त से व्यक्त करना तुम्हारा कार्य है'। ब्रह्मा ने पूछा—'वह अव्यक्त क्या है कि जिससे मैं उत्पन्न हुआ हूँ ? और व्यक्त क्या है कि जो मेरा कार्य है ?' तब उस वाणी ने कहा—'हे सोम्य, वह एक अविज्ञेय तेज है। और जो अविज्ञेय है, वही अव्यक्त है। तुम्हें उसको जानने की इच्छा हो तो, मुझे पहचान लो।' तब ब्रह्मा ने कहा—'तुम कौन हो ? तुम अपने आपको ब्रह्मवाणी कहकर अपनी प्रशंसा कर रही हो ?' तब उस वाणी ने कहा—'तुम मुझे तप करके ही जान लो।' तब ब्रह्माजी ने एक हजार वर्ष ब्रह्मचर्यपूर्वक तप किया।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

अथापश्यदृचमानुष्टुभीं परमां विद्यां यस्याङ्गान्यन्ये मन्त्राः यत्र ब्रह्म प्रतिष्ठितं विश्वेदेवा[वेदाः?] प्रतिष्ठिताः। यस्तां न वेद किमन्यैर्वेदैः करिष्यति ॥2.1॥

वहाँ ब्रह्मा ने आनुष्टुभी ऋचा को देखा। वह परम विद्या है, अन्य मंत्र उसके अंग हैं, उसमें ब्रह्म, सर्वदेव (अथवा सर्ववेद) प्रतिष्ठित हैं। जो उसको नहीं जानता वह अन्य वेदों का भला क्या करेगा ?

तां विदित्वा स च रक्तं जिज्ञासयामास। तामेवमनूचानां गायत्रासिष्ट। सहस्रं समा आद्यन्तनिहितोङ्कारेण पदान्यगायत्। सहस्रं समास्तथैवा-क्षरशः। ततोऽपश्यज्ज्योतिर्मयं श्रियालिङ्गितं सुपर्णरथं शेषफणाच्छा-दितमौलिं मृगमुखं नरवपुषं शशिसूर्यहव्यवाहनात्मकनयनत्रयम् ॥2.2॥

उसे जानकर प्रजापति ने रक्त (पुरुष) को जानने की इच्छा की। तब तप से प्रादुर्भूत उस आनुष्टुभी को वे गाते रहे। ब्रह्मा ने एक हजार वर्ष तक प्रारंभ में और अन्त में 'ॐकार' को बोलकर उसे गाया। और एक हजार वर्ष तक उसे अक्षरशः गाया। तब उन्होंने लक्ष्मी द्वारा आलिंगित सुपर्ण (गरुड) रूपी रथवाले, शेषनाग के फणों से ढँके हुए मुकुटवाले, मृग (सिंह) जैसे मुखवाले, सूर्य, चन्द्र और अग्नि के तीन नयनों वाले नरपुंगव को देखा।

ततः प्रजापतिः प्रणिपपात नमो नम इति। तयैवर्चाथ तमस्तौत्। उग्रमित्याह उग्रः खलु वा एष मृगरूपत्वात्। वीरमित्याह वीरो वा एष वीर्यवत्त्वात्। महाविष्णुमित्याह महतां वा अयं महान् रोदसी व्याप्य

स्थितः। ज्वलन्तमित्याह ज्वलन्निव खल्वसाववस्थितः। सर्वतोमुख-मित्याह सर्वतः खल्वयं मुखवान् विश्वरूपत्वात्। नृसिंहमित्याह यथा यजुरेवैतत्। भीषणमित्याह भीषो वा अस्मादादित्य उदेति भीतश्चन्द्रमा भीतो वायुर्वाति भीतोऽग्निर्दहति भीतः पर्जन्यो वर्षति। भद्रमित्याह भद्रः खल्वयं श्रिया जुष्टः। मृत्योर्मृत्युमित्याह मृत्योर्वा अयं मृत्युरमृतत्वं प्रजानामन्नादानाम्। नमामीत्याह यथा यजुरेवैवत्। अहमित्याह यथा यजुरेवैतत् ॥2.3॥

इति द्वितीयः खण्डः।

तब प्रजापति ने उन्हें 'नमो नमः' कहकर प्रणाम किया और उसी सार्थ ऋचा से उनकी स्तुति की। उन्हें 'उग्र' कहा क्योंकि वे सिंहरूप से उग्र हैं। उन्हें 'वीर' कहा क्योंकि वे वीर्यवत्ता से वीर हैं। बड़ों से भी वे बड़े हैं और धरती एवं स्वर्ग को व्याप्त कर रहे हैं इसलिए उन्हें 'विष्णु' कहा। उन्हें 'ज्वलंत' कहा क्योंकि वे जलते हुए से अवस्थित हैं। उन्हें 'विश्वतोमुख' कहा क्योंकि वे सभी ओर सहीरूप से मुख किए हुए हैं क्योंकि वे तो विश्वरूप हैं। उन्हें 'नृसिंह' कहा क्योंकि यजुर्वेद भी इन्हें 'प्रतद् विष्णुस्तवते' आदि मंत्रों से इसी प्रकार कहता है। उन्हें 'भीषण' कहा क्योंकि इनसे डरा हुआ सूर्य उदित होता है और इनसे डरा हुआ चन्द्र भी उदित होता है, इनसे डरा हुआ वायु बहता है और इनसे डरा हुआ ही अग्नि जलता है, इनसे डरा हुआ मेघ बरसता है। इन्हें 'भद्र' कहा क्योंकि लक्ष्मी को धारण करने वाले वे कल्याणकारी ही हैं। इन्हें 'मृत्युमृत्यु' कहा क्योंकि वे मृत्यु के भी मृत्यु अर्थात् वे अन्न खाने वाली प्रजाओं की मृत्यु के भी मृत्यु हैं। इन्हें 'नमामि' कहा क्योंकि वे यजुर्वेद (यज्ञस्वरूप) ही हैं। मंत्र में इन्हें अहम् कहा क्योंकि 'वैदेश्च सर्वैरहमेव वेद्यः' इत्यादि में इन्हें 'अहम्' कहा गया है।

यहाँ द्वितीय खण्ड पूरा हुआ।

❋

तृतीयः खण्डः

अथ भगवांस्तमब्रवीत् प्रजापते प्रीतोऽहं किं तवेप्सितं तद्ददामि शंसेति। स होवाच भगवन्नव्यक्तादुत्पन्नोऽस्मि व्यक्तं मम कृत्यमिति पुराश्रावि। तत्राव्यक्तं भवानित्यज्ञायि। व्यक्तं मे कथयेति। व्यक्तं वै विश्वं चराचरात्मकम्। यद्व्यज्यते तद्व्यक्तस्य व्यक्तत्वमिति ॥3.1॥

ऐसी स्तुति के बाद भगवान् ने उनसे कहा—"हे प्रजापति ! मैं तुम पर प्रसन्न हुआ हूँ। तुम अपना जो अभीष्ट हो, माँग लो।" तब प्रजापति ने कहा—"हे भगवन् ! मैं अव्यक्त से उत्पन्न हुआ हूँ। और मेरा कार्य व्यक्त है, ऐसा मैंने पहले सुना है। इसमें अव्यक्त तो आप हैं ऐसा जान लिया है। अब मुझे व्यक्त क्या है, यह बताइए"। तब भगवान् ने कहा कि—व्यक्त यह सचराचर विश्व है। जो व्यक्त (प्रकाशित) दिखाई देता है, वही (दिखाई देना ही) व्यक्त का व्यक्तत्व है।

स होवाच न शक्नोमि जगत् स्रष्टुमुपायं मे कथयेति। तमुवाच पुरुषः प्रजापते शृणु सृष्टेरुपायं परमं यं विदित्वा सर्वं ज्ञास्यसि सर्वत्र शक्ष्यसि सर्वं करिष्यसि। मय्यग्नौ स्वात्मानं हविर्ध्यात्वा तयैवानुष्टुभर्चा। ध्यान-यज्ञोऽयमेव ॥3.2॥

तब प्रजापति ने कहा कि इस व्यक्त के सर्जन के लिए मैं कोई उपाय नहीं जानता। यह आप

मुझे बताइए। तब भगवान् ने कहा—हे प्रजापति! पुरुष ही सृष्टि के लिए परम उपाय है। उसी को जानकर तुम सब कुछ जान सकोगे, सभी जगह सब कुछ कर सकोगे। मेरे स्वरूप अग्नि (पुरुष रूप अग्नि) में अपने आपको हवि के रूप में ध्यान करके अथवा तो इस आनुष्टुभी ऋचा से ध्यान करके तुम यह सर्जन कर सकोगे। यही ध्यानयज्ञ है।

एतद्वै महोपनिषद्देवानां गुह्यम्। न ह वा एतस्य साम्ना ऋचा न यजुषार्थोऽनुविद्यते। य इमां वेद स सर्वान् कामानवाप्य सर्वान् लोकान् जित्वा मामेवाभ्युपैति। न च पुनरावर्तते य एवं वेदेति ॥3.3॥

इति तृतीयः खण्डः।

यह देवों की अत्यन्त गोपनीय उपनिषत् है। इस ध्यानयोग का अर्थ साम से, ऋचा से, यजुस् से भी नहीं जाना जा सकता। जो इसे जानता है, वह सभी अभीष्ट इच्छाओं को पूर्ण करके सभी लोकों को जीतकर मुझे ही प्राप्त हो जाता है और फिर से यहाँ नहीं लौटता। जो इसे जानता है, वह यह फल पाता है।

यहाँ तृतीय खण्ड पूरा हुआ।

❋

चतुर्थः खण्डः

अथ प्रजापतिस्तं यज्ञाय वसीयांसमात्मानं मन्यमानो मनोयज्ञेनेजे। सप्रणवया तयैवर्चा हविर्ध्यात्वात्मानमात्मन्यग्नौ जुहुयात्। सर्वमजानत् सर्वत्रा-शकत् सर्वमकरोत् ॥4.1॥
यं एवं विद्वानिमं ध्यानयज्ञमनुतिष्ठेत् स सर्वज्ञोऽनन्तशक्तिः सर्वकर्ता भवति। स सर्वान् लोकान् जित्वा ब्रह्म परं प्राप्नोति ॥4.2॥

इति चतुर्थः खण्डः।

तब प्रजापति ने अपने आपको यज्ञ के लिए ही रहने वाला मानकर मनोयज्ञ से यज्ञ किया। प्रणवपूर्वक उसी आनुष्टुभी ऋचा से अपने आपको हविष्य के रूप में ध्यान करके उसने आत्मरूप अग्नि में अपना होम कर दिया। तब उसने सब कुछ जान लिया, उसमें सब कुछ करने की शक्ति आ गई। और सब कुछ कर दिया। जो विद्वान् इस प्रकार ध्यानयज्ञ का अनुष्ठान करता है, वह सर्वज्ञ, अनन्तशक्तिमान् और सर्वकर्ता बनता है। वह सभी लोकों को जीतकर पब्रह्म को प्राप्त करता है।

यहाँ चतुर्थ खण्ड पूरा हुआ।

❋

पञ्चमः खण्डः

अथ प्रजापतिर्लोकान् सिसृक्षमाणस्तस्या एव विद्याया यानि त्रिंशदक्षराणि तेभ्यस्त्रीन् लोकान्। अथ द्वे द्वे अक्षरे ताभ्यामुभयतो दधार। तस्या एवर्चा द्वात्रिंशद्भिरक्षरैस्तान् देवान् निर्ममे। सर्वैरेव स इन्द्रोऽभवत्। तस्मादिन्द्रो देवानामधिकोऽभवत्। य एवं वेद समानानामधिको भवेत् ॥5.1॥

अब लोकों का सर्जन करने की इच्छावाले प्रजापति ने उसी आनुष्टुभी विद्या के जो तीस अक्षर थे, उन्हीं से तीन लोकों को बनाया। और बाद में दो-दो अक्षरों से उन भूः आदि तीन लोकों को धारण किया। उसी ऋचा के बत्तीस अक्षरों से उसने देवों का निर्माण किया। सभी देवों में से एक इन्द्र हुआ। इसलिए इन्द्र देवों का अधिक (श्रेष्ठ) बना। जो ऐसा जानता है, वह अपने समान लोगों से अधिक बनता है।

तस्या एकादशभिः पा[प]दैरेकादश रुद्रान् निर्ममे। तस्या एकादशभिरेकादशादित्यान् निर्ममे। सर्वैरेव स विष्णुरभवत्। तस्माद्विष्णुरादित्यानामधिकोऽभवत्। य एवं वेद समानानामधिको भवेत्। स चतुर्भिश्चतुर्भिरक्षरैरष्टौ वसूनजनयत् ॥5.2॥

उसके ग्यारह अक्षरों से उसने ग्यारह रुद्रों को उत्पन्न किया और ग्यारह अक्षरों से ग्यारह आदित्यों को उत्पन्न किया। उन सबसे विष्णु हुए। इसी से विष्णु आदित्यों से अधिक हुए। जो इस प्रकार जानता है, वह अपने समकक्षों से अधिक होता है। इसके बाद उसने चार-चार अक्षरों से आठ वसुओं को उत्पन्न किया।

स तस्या आद्यैर्द्वादशभिरक्षरैर्ब्राह्मणमजनयत्। दशभिर्दशभिर्विट्क्षत्रे। तस्माद्ब्राह्मणो मुख्यो भवति। एवं तन्मुख्यो भवति य एवं वेद। तूष्णीं शूद्रमजनयत् तस्माच्छूद्रो निर्विद्योऽभवत् ॥5.3॥
न वा इदं दिवा न नक्तमासीदव्यावृत्तम्। स प्रजापतिरानुष्टुभाभ्यामर्धर्चाभ्यामहोरात्रावकल्पयत् ॥5.4॥

प्रजापति ने उस आनुष्टुभी के पहले बारह अक्षरों से ब्राह्मण को उत्पन्न किया। और फिर दश-दश अक्षरों से क्षत्रियों और वैश्यों को उत्पन्न किया। इसलिए ब्राह्मण मुख्य समझा जाता है। जो इस प्रकार जानता है वह मुख्य होता है। प्रजापति ने मौन रहकर शूद्र को उत्पन्न किया। इसलिए शूद्र विद्यारहित होता है। उस समय इस सृष्टि का अधिकरण (आधार) रूप न दिन था न रात्रि। वह उस समय कल्पनाविरल ही था। बाद में प्रजापति ने आनुष्टुभी दो अर्ध ऋचाओं से दिवस और रात्रि की कल्पना (रचना) की है।

ततो व्यैच्छत्। व्येवास्मा उच्छति। अथो तम एवापहते। ऋग्वेदमस्या आद्यात् पादादकल्पयत्। यजुर्द्वितीयात्। साम तृतीयात्। अथर्वाङ्गिरसश्चतुर्थात्। यदष्टाक्षरपदा तेन गायत्री। यदेकादशपदा तेन त्रिष्टुप्। यच्चतुष्पदा तेन जगती। यद्द्वात्रिंशदक्षरा तेनानुष्टुप्। सा वा एषा सर्वाणि छन्दांसि य इमां सर्वाणि छन्दांसि वेद। सर्वं जगदानुष्टुभ एवोत्पन्न-मनुष्टुप्प्रतिष्ठितं प्रतितिष्ठति यश्चैवं वेद ॥5.5॥

इति पञ्चमः खण्डः।

तब प्रजापति ने विशेष इच्छा की। इस प्रकार चिन्ता करते हुए उसे जो सृष्टि का आवर्तन भेदनीय है, वह इच्छामात्र से ही भिन्न (उच्छिन्न) हो जाता है। इसलिए तम ही उच्छिन्न हुआ, पर सृष्टिकर्तव्यता का ज्ञान तो वैसा ही रहा। पहले पाद से उसने ऋग्वेद की रचना की, दूसरे से यजुर्वेद की, तीसरे से सामवेद की और चौथे से अथर्व (अथर्वांगिरस) की रचना की। जो अष्टाक्षर पद है इससे गायत्री, जो ग्यारह अक्षरों के पद वाली है उससे त्रिष्टुभ्, जो चतुष्पद है उससे जगती, जो बत्तीस अक्षरों के पदवाली है उससे अनुष्टुभ् की रचना की। इस प्रकार उसने सभी छन्दों की

रचना की। जो इसे जान लेता है, वह सभी छन्दों को जान लेता है। यह सारा जगत् उस आनुष्टुभी से ही उत्पन्न हुआ है और उस आनुष्टुभ् में ही प्रतिष्ठित हुआ है। जो इस प्रकार जानता है, वह भी उसी में प्रतिष्ठित हो जाता है।

यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ।

❋

षष्ठः खण्डः

अथ यदा प्रजाः सृष्टा न जायन्ते प्रजापतिः कथं न्विमाः प्रजाः सृजेयमिति चिन्तयन्नुग्रमितीमामृचं गातुमुपाक्रामत्। ततः प्रथमपादादुग्ररूपो देवः प्रादुरभूत् एकः श्यामः पुरतो रक्तः पिनाकी स्त्रीपुंसरूपस्तं विभज्य स्त्रीषु तस्य स्त्रीरूपं पुंसि च पुंरूपं व्यधात्। स उभाभ्यामंशाभ्यां सर्व-मादि[वि]ष्टः। ततः प्रजाः प्रजायन्ते। य एवं वेद प्रजापतेः सोऽपि त्र्यम्बक इमामृचमुद्गायन्नुद्ग्रथितजटाकलापः प्रत्यग्ज्योतिष्यात्मन्येव रन्तारमिति ॥6.1॥

जब प्रजापति के द्वारा सृष्ट प्रजा निर्व्यापार (अनुत्पादक) रही, सब ब्रह्मा (प्रजापति) ने 'मैं कैसे उत्पादनशील प्रजा को उत्पन्न करूँ ?' यह सोचते हुए 'उग्रम्' इत्यादि पदोंवाली ऋचा को गाना आरंभ किया। इसके बाद पहले पाद से एक उग्ररूप देव प्रकट हुए। उनका वर्ण श्याम था, आगे का वर्ण लाल था ! हाथ में पिनाक (धनुष) था। उस एक में से ही स्त्री और पुरुष के रूपों का विभाजन करके स्त्रियों में उसका स्त्रीरूप और पुरुषों में उसका पुरुषरूप प्रविष्ट किया और उन उमा और महेश्वररूप दोनों अंशों को ही इसका आदेश दिया। इसके बाद ये प्रजाएँ प्रजननशील हुईं। प्रजापति के विषय में जो इस प्रकार से जानता है, वह भी त्र्यम्बक (तीन आँखों वाले), पिनाक धनुष को धारण किए हुए, नृसिंह-सा होकर इस ऋचा को गाते हुए उन्नत जटाधारी प्रत्यक् ज्योतिस्वरूप आत्मा में ही रमण करने वाला होता है।

इन्द्रो वै किल देवानामानुजावर आसीत्। तं प्रजापतिरब्रवीद्गच्छ देवा-नामधिपतिर्भवेति। सोऽगच्छत्। तं देवा ऊचुरानुजावरोऽसि त्वमस्माकं कुतस्तवाधिपत्यमिति। स प्रजापतिमभ्येत्योवाचेमं देवा ऊचुरनुजा-वरस्य कुतस्तवाधिपत्यमिति तं प्रजापतिरिन्द्रं त्रिकलशैरमृतपूर्णैरा-नुष्टुभाभिमन्त्रितैरभिषिच्य तं सुदर्शनेन दक्षिणतो ररक्ष पाञ्चजन्येन वामतो द्वयेनैव सुरक्षितोऽभवत्। रौक्मे फलके सूर्यवर्चसि मन्त्रमानुष्टुभं विन्यस्य तदस्य कण्ठे प्रत्यमुञ्चत्। ततः सुदुर्निरीक्षोऽभवत्। तस्मै विद्यामानुष्टुभीं प्रादात्। ततो देवास्तमाधिपत्यायानुमेनिरे। स स्वराड-भूत्। य एवं वेद स्वराड् भवेत्। सोऽमन्यत पृथिवीमिमां कथं जयेय-मिति। स प्रजापतिमुपाधावत्। तस्मात् प्रजापतिः कमठाकारमिन्द्र-नागभुजगेन्द्राधारं भद्रासनं प्रादात्। स पृथिवीमभ्यजयत्। ततः स उभयोर्लोकयोरधिपतिरभूत्। य एवं वेदोभयोर्लोकयोरधिपतिर्भवति। स पृथिवीं जयति ॥6.2॥

इन्द्र देवों का एक छोटा भाई था। उससे प्रजापति ने कहा—'जाओ, देवों के अधिपति बन जाओ।' वह वहाँ गया, तो देवों ने उससे कहा कि—'क्या तुम हमारे छोटे भाई हो ? तुम भला अधिपति कैसे बन गए ?' तब इन्द्र ने प्रजापति के पास जाकर कहा कि—'ये देव तो कहते हैं कि अनुजावर (एक छोटा भाई) भला अधिपति कैसे हो सकता है ?' तब प्रजापति ने इन्द्र को अनुष्टुभ् से अभिमंत्रित और अमृत से भरे तीन कलशों से अभिषेक करवाया और उसे दाहिने भाग में सुदर्शन के द्वारा और बाँयें भाग में पांचजन्य के द्वारा सुरक्षित किया। इस प्रकार बाँयें-दाहिने दोनों ओर से वह सुरक्षित हो गया और सूर्य के जैसे तेजवाले सुवर्ण पीठ में (उसे बिठाकर) उसके कण्ठ में आनुष्टुभ् मंत्र पहना दिया। तब वह बहुत दुर्निरीक्ष्य (असह्य प्रभाव वाला) हो गया। फिर उसे आनुष्टुभी विद्या सिखाई। तब कहीं देवों ने उसके आधिपत्य की अनुमति दी। तब वह स्वराट् हो गया। जो इस प्रकार जानता है, वह स्वराट् हो जाता है। उस (इन्द्र) ने सोचा कि मैं सारी पृथ्वी को किस तरह जीत लूँ ? उसने तो प्रजापति के ऊपर ही आक्रमण कर दिया। इसलिए प्रजापति ने उसे कमठ के आकार वाला इन्द्रनाग नाम के भुजगेन्द्र के आधार वाला भद्रासन दिया। बाद में उसने पृथ्वी को जीता। इसके बाद वह स्वर्ग-पृथ्वी—दोनों लोकों का अधिपति हुआ। जो इस प्रकार से जानता है, वह भी दोनों लोकों का अधिपति बन जाता है, वह पृथ्वी को जीत लेता है।

यो वा अप्रतिष्ठितं शिथिलं भ्रातृव्येभ्यः परमात्मानं मन्यते स एत-मासीनमधितिष्ठेत्। प्रतिष्ठितोऽशिथिलो भ्रातृव्येभ्यो वसीयान् भवति यश्चैवं वेद यश्चैवं वेद ॥6.3॥

इति षष्ठः खण्डः।

जो कोई भी मनुष्य अपने प्रतिकूल भाइयों से अपने आत्मा को अप्रतिष्ठित और शिथिल मानता है, अर्थात् जो कोई अन्तःकरणादि से अलग ही आत्मा को देहादि में आत्माभिमान से शिथिल (जीव) भाव को प्राप्त हुआ मान लेता है और अपने को प्रत्यक् पद में अप्रतिष्ठित मान लेता है, वह विद्वान् उसको इस जगत् के अधिष्ठान के रूप में अपने ही महिमा में अवस्थित ऐसे परमात्मा के रूप में जान लेता है। वह विद्वान् अद्वैतभाव से 'मैं ब्रह्म हूँ' (इस भाव से) प्रतिष्ठित हो जाता है, वह अपने अन्तःकरणादि चचेरे भाइयों से अशिथिल रहता है और अपनी ही महिमा में निवास करने वाला हो जाता है। जो ऐसा जानता है, वह वैसा ही हो जाता है।

यहाँ छठा खण्ड पूरा हुआ।

❋

सप्तमः खण्डः

य इमां विद्यामधीते स सर्वान् वेदानधीते। स सर्वैः ऋतुभिर्यजते। स सर्वतीर्थेषु स्नाति। स महापातकोपपातकैः प्रमुच्यते। स ब्रह्मवर्चसं महदाप्नुयात्। आब्रह्मणः पूर्वानाकल्पांश्चोत्तरांश्च वंश्यान् पुनीते। नैनमपस्मारादयो रोगा आदिधेयुः। सयक्षाः सप्रेतपिशाचा अप्येनं स्पृष्ट्वा दृष्ट्वा श्रुत्वा वा पापिनः पुण्याँल्लोकानवाप्नुयुः। चिन्तितमात्रादस्य सर्वेऽर्थाः सिध्येयुः। पितरमिवैनं सर्वे मन्यन्ते। राजानश्चास्यादेश-कारिणो भवन्ति। न चाचार्यव्यतिरिक्तं श्रेयांसं दृष्ट्वा नमस्कुर्यात्। न

चास्मादुपावरोहेत्। जीवन्मुक्तश्च भवति। देहान्ते तमसः परं धाम प्राप्नुयात्। यत्र विराण् नृसिंहोऽवभासते तत्र खलूपासते। तत्स्वरूपध्यानपरा मुनय आकल्पान्ते तस्मिन्नेवात्मनि लीयन्ते। न च पुनरावर्तन्ते ॥7.1॥

जो इस विद्या को जानता है, वह सभी वेदों का अध्ययन करता ही है, वह सभी यज्ञों से यजन करता ही है, उसने सभी तीर्थों में स्नान कर लिया ही है—ऐसा समझना चाहिए। वह सभी महापातकों और उपपातकों से मुक्त हो जाता है, वह बड़े ब्रह्मवर्चस् को प्राप्त कर लेता है, वह सुब्राह्मण अपने पूर्व के पूर्वजों को और भविष्य के वंशजों को पवित्र कर देता है। ऐसे मनुष्य को अपस्मार आदि रोग नहीं होते। यक्षों के साथ जो भूत, पिशाच आदि पापी योनि वाले जीव हैं, वे भी ऐसे मनुष्य को देखकर, सुनकर, उसका स्पर्श करके पुण्यलोकों की प्राप्ति कर लेते हैं। इस मनुष्य के केवल चिन्तनमात्र से ही सभी पदार्थ सिद्ध हो जाते हैं। सभी लोग इसे पितातुल्य ही मानते हैं। राजा लोग भी इसके आज्ञाकारी हो जाते हैं। बिना आचार्य के किसी भी श्रेय को देखकर नमस्कार नहीं करना चाहिए। इस मार्ग से कभी नीचे नहीं उतरना चाहिए। ऐसा आदमी जीवन्मुक्त हो जाता है। वह इस देह के छूटने के बाद परमधाम को प्राप्त हो जाता है। जहाँ विराट् नृसिंह दिखाई देते हैं, उस हद तक उपासना करते रहना चाहिए। उनके स्वरूप के ध्यान में परायण मुनि लोग कल्प का अन्त होने पर उसी आत्मा में लीन हो जाते हैं और फिर से वह मनुष्य लौटकर यहाँ नहीं आता।

न चेमां विद्यामश्रद्दधानाय ब्रूयान्नासूयावते ना[न]नूचानाय नाविष्णुभक्ताय नानृतिने नातपसे नादान्ताय नाशान्ताय नादीक्षिताय नाधर्मशीलाय न हिंसकाय नाब्रह्मचारिण इत्येषोपनिषत् ॥7.2॥

इति सप्तमः खण्डः।

इत्यव्यक्तोपनिषत्समाप्ता।

जिसमें श्रद्धा न हो, उसे यह विद्या नहीं देनी (पढ़ानी) चाहिए। असूयायुक्त को भी नहीं देनी चाहिए। जो वेद न पढ़ा हो, जो विष्णु का भक्त न हो, जो मुनि न हो, जिसने तप न किया हो, जो दमनशील न हो, जो शान्त न हो, जो दीक्षित न हो, जो अधर्मशील हो, जो हिंसक हो, जो ब्रह्मचारी न हो, उसे नहीं देनी चाहिए।

यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।

इस प्रकार अव्यक्तोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि----ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(71) एकाक्षरोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

कृष्णयजुर्वेद की परंपरा की इस उपनिषद् में तेरह मंत्र हैं। उपनिषद् का कहना है कि ॐकार एकाक्षर परमात्मरूप है। वह परमात्मा विश्व का कारण, लोकों का पति और रक्षक है। वही हिरण्यगर्भ, व्यापक, पुराणपुरुष, प्राण, गरुड, रुद्र, इन्द्र, माता, विधाता, पवन, विष्णु, वराह, रात्रि, दिवस, भूत, भविष्य, क्रिया और काल है। वह परमात्मा ही ऋक् आदि वेदों को प्रकट करते हैं। और वही परमात्मा वसुदेवता, दैत्य, स्त्री, पुरुष, कुमार, कुमारी, वरुण, वर्ष, अग्नि, यम आदि भी हैं। उसको जो मनुष्य जान लेता है, वह बुद्धि से परे होकर स्थिर रूप में अवस्थित हो जाता है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ----मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

एकाक्षरं त्वक्षरे तोऽसि सोमे सुषुम्नया चेह दृढी न एकः।
त्वं विश्वभूर्भूतपतिः पुराणः पर्जन्य एको भुवनस्य गोप्ता ॥1॥

हे भगवन्! आप शाश्वत (अच्युत) सोम हैं। परब्रह्म के रूप में आप हैं। आप सुषुम्ना में अपनी सत्ता से प्रतिष्ठित हैं (अर्थात् सुषुम्नामार्ग से सहस्रार तक आप प्रतिष्ठित हैं)। आप अविनाशी तथा एकाक्षर में स्थित रहने वाले हैं। आप ही विश्व के कारणरूप हैं, प्राणीमात्र के स्वामी आप हैं, आप ही पुराणपुरुष और सभी में विद्यमान हैं, आप ही पर्जन्यादि रूपों के द्वारा सबका रक्षण करते हैं।

विश्वे निमग्नः पदवीः कवीनां त्वं जातवेदो भुवनस्य नाथः।
अजातमग्रे स हिरण्यरेता यज्ञस्त्वमेवैकविभुः पुराणः ॥2॥

आप ही निखिल विश्व के कण-कण में संजीवनी शक्ति के रूप में रहते हैं। आप ही कवियों (ऋषियों) की गहरी दृष्टि के आश्रयभूत हैं। आप ही समस्त लोकों की रक्षा करने वाले हैं। आप ही हिरण्यरेता (अग्नि) के स्वरूप हैं। आप ही यज्ञ के स्वरूप भी हैं। आप ही एकमात्र विराट् और पूर्ण पुरुष हैं।

प्राणः प्रसूतिर्भुवनस्य योनिर्व्याप्तं त्वया एकपदेन विश्वम्।
त्वं विश्वभूर्योनिपारः स्वगर्भे कुमार एको विशिखः सुधन्वा ॥3॥

धागे में मनके की तरह आप ही समस्त विश्व में प्राणरूप से व्याप्त हैं। आप ही जगदुत्पत्ति के कारण हैं, आपने इस विश्व को एक ही कदम से नाप लिया है। आप ही विश्व का उत्पत्तिकेन्द्र हैं। आप ही अच्छे धनुष को धारण करने वाले कुमार कार्तिकेय के स्वरूप को धारण किए हुए हैं। आप ही जगत् के रक्षणकर्ता हैं।

वितत्य बाणं तरुणार्कवर्णं व्योमान्तरे भासि हिरण्यगर्भः ।
भासा त्वया व्योम्नि कृतः सुताक्ष्यस्त्वं वै कुमारस्त्वमरिष्टनेमिः ॥4॥

आप ही हिरण्यगर्भ के रूप में तरुणसूर्य की कान्तिवाले बाण को खींचकर आकाश के अन्तराल में दिखाई पड़ रहे हैं। आपने अपने तेज से आकाश में मानो परमतेजस्वी गरुड जैसा सूर्य प्रकाशित कर रखा है। आप ही अनवरुद्ध गति वाले कार्तिकेय हैं अथवा भलीभाँति सभी विघ्नों का नियमन करने वाले हैं।

त्वं वज्रभृद्भूतपतिस्त्वमेव कामः प्रजानां निहितोऽसि सोमे ।
स्वाहा स्वधा यच्च वषट् करोति रुद्रः पशूनां गुहया निमग्नः ॥5॥

वज्र को धारण करने वाले इन्द्ररूप में आप ही हैं, भूतपति महेश्वर के रूप में भी तो आप ही हैं। आप ही समस्त प्रजाओं में काम हैं, आप ही चन्द्रलोक में पितृओं के रूप में हैं। स्वाहा, स्वधा और वषट्कार भी तो आप ही हैं, आप ही रुद्र हैं, और आप ही सभी प्राणियों की हृदयगुहा में अवस्थित होकर रहते हैं।

धाता विधाता पवनः सुपर्णो विष्णुर्वराहो रजनी रहश्च ।
भूतं भविष्यत्प्रभवः क्रियाश्च कालः क्रमस्त्वं परमाक्षरं च ॥6॥

हे भगवन्! आप ही धाता (धारण करने वाले) हैं, आप ही विधाता (बनाने वाले) हैं। आप ही गरुड, विष्णु, वाराह, रात्रि और दिवस भी हैं। एकान्त भी आप हैं, भूत और भविष्य काल भी आप ही हैं। सभी का उद्भवस्थान आप हैं। क्रियाएँ और कालक्रम भी आप हैं। अनिवाशी परमाक्षर ॐकार भी आप ही हैं।

ऋचो यजूंषि प्रसवन्ति वक्त्रात् सामानि सम्राड्वसुरन्तरिक्षम् ।
त्वं यज्ञनेता हुतभुग्विभुश्च रुद्रास्तथा दैत्यगणा वसुश्च ॥7॥

आप ही के मुँह से ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद आदि प्रकट होते हैं। आप ही सम्राट् हैं, आप ही वसु हैं, आप ही अन्तरिक्ष रूप हैं। आप ही यज्ञों के नेता हैं और आप ही हवि को खाने वाले भी हैं। आप व्यापक हैं। दैत्यों के समूह भी तो आप ही हैं और सर्वव्यापक वसु भी आप ही हैं।

स एष देवोऽम्बरगश्च चक्रे अन्येऽभ्यधिष्ठेत तमो निरुन्ध्यः ।
हिरण्मयं यस्य विभाति सर्वं व्योमान्तरे रश्मिमिमं सुनाभिः ॥8॥

वही यह देव आकाश में रहा हुआ है, चक्र (सूर्यमण्डल) और अन्य स्थानों में अधिष्ठित है तथा अन्धकार (और अज्ञानान्धकार को) नाश करते हुए प्रतिष्ठित है। जिस विराट् पुरुष के हृदयरूपी आकाश में ब्रह्माण्ड को अपने गर्भ में धारण करने वाली सुनाभि (श्रेष्ठ नाभिरूपी केन्द्र) अर्थात् माया, जो रहती है, वह भी आप ही हैं।

स सर्ववेत्ता भुवनस्य गोप्ता नाभिः प्रजानां निहिता जनानाम् ।
प्रोता त्वमोता विचितिः क्रमाणां प्रजापतिश्छन्दमयो विगर्भः ॥9॥

वही विराट् ब्रह्म सब कुछ जानने वाला और त्रिभुवन का रक्षण करने वाला है। वही सभी प्राणियों का आधारकेन्द्र (नाभिकेन्द्र) है। अन्तर्यामी के रूप में वही सर्वत्र ओत-प्रोत है। वही विविध गतियों का विश्रामस्थल है। वही विगर्भ (विष्णु के गर्भ) में प्रजापतिरूप में रहते हैं और वेदरूप भी वही हैं।

सामैश्चिदन्तो विरजश्च बाहुं हिरण्मयं वेदविदां वरिष्ठम् ।
यमध्वरे ब्रह्मविदः स्तुवन्ति सामैर्यजुर्भिः क्रतुभिस्त्वमेव ॥10॥

श्रेष्ठ वेदज्ञ ज्ञानीजन उस श्रेष्ठ पुरुष को साम आदि वेदों से भी नहीं जान पाते। क्योंकि वह तो रजोगुण से परे है, वह तो सुवर्ण कान्तिवाले हैं। ब्रह्मवेत्ताजन यज्ञों में यजुर्वेद के मंत्रों से तथा सामवेदी-जन सामवेद के मंत्रों से जिसकी स्तुति कर रहे हैं वे विराट् पुरुष आप ही तो हैं।

त्वं स्त्री पुमांस्त्वं च कुमार एकस्त्वं वै कुमारी ह्यथ भूस्त्वमेव ।
त्वमेव धाता वरुणश्च राजा त्वं वत्सरोऽग्न्यर्यम एव सर्वम् ॥11॥

हे भगवन्! आप ही स्त्री हैं और आप अकेले ही पुरुष हैं, आप ही कुमार हैं और आप अकेले ही कुमारी हैं। आप ही पृथ्वी हैं, आप ही सबको धारण करने वाले हैं, आप ही वरुण हैं, आप ही सम्राट् (राजा) हैं, आप ही संवत्सर हैं, आप ही अग्नि हैं, आप ही सूर्य हैं, आप ही सब कुछ हैं।

मित्रः सुपर्णश्चन्द्र इन्द्रो वरुणो रुद्रस्त्वष्टा विष्णुः सविता गोपतिस्त्वम् ।
त्वं विष्णुर्भूतानि तु त्रासि दैत्यांस्त्वयाऽऽवृतं जगदुद्भवगर्भः ॥12॥

हे पुरुषोत्तम! सूर्य, गरुड, चन्द्र, वरुण, रुद्र, प्रजापति, विष्णु, सविता, इन्द्रियाध्यक्ष या गोपति—जो भी कहे जाते हैं, वह सब आप ही हैं। आप ही विष्णु का रूप धारण करके समग्र मानवजाति को दैत्यों के भय से रक्षण करने वाले हैं। आप ही जगत् की उत्पत्ति का गर्भस्थान (मूलकारण) हैं। आप से ही यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ढँका हुआ है।

त्वं भूर्भुवः स्वस्त्वं हि स्वयंभूरथ विश्वतोमुखः ।
य एवं नित्यं वेदयते गुहाशयं प्रभुं पुराणं सर्वभूतं हिरण्मयम् ।
हिरण्मयं बुद्धिमतां परां गतिं स बुद्धिमान् बुद्धिमतीत्य तिष्ठति ॥
इत्युपनिषत् ॥13॥

इत्येकाक्षरोपनिषत्समाप्ता ।

आप ही स्वयंभू और विश्वतोमुख हैं। आप ही भूः, भुवः, स्वः आदि लोकों में प्रतिष्ठित हैं। जो भी मनुष्य अपने हृदयरूपी गुहा के क्षेत्र में निवास करते हुए पुराण पुरुषोत्तम आदि पुरुष को प्रणवस्वरूप और प्रकाशस्वरूप मानता है, वह पुरुष ब्रह्मवेत्ताओं की परम गति को प्राप्त कर लेता है—वह अज्ञान से आवृत भ्रम बुद्धि को पार कर देता है। यही इस उपनिषद् का रहस्यमय ज्ञान है।

इस प्रकार एकाक्षरोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । स नौ.....मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(72) अन्नपूर्णोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह अथर्ववेदीय उपनिषद् काफी बड़ी है, इसमें पाँच बड़े-बड़े अध्याय हैं। अन्नपूर्णा के वरदान से तत्त्वज्ञानप्राप्ति को लेकर इसे अन्नपूर्णोपनिषद् कहा गया है। अन्नपूर्णा का मंत्र इसमें प्रथम आया है। इस मंत्र की उपासना से देवी प्रसन्न होकर तत्त्वज्ञान देती हैं। इसमें पाँच प्रकार के भ्रम बताए गए हैं, उन पाँचों को दूर करने से ही चित्त ब्रह्माकार हो सकता है। इसमें जीव और ब्रह्म की एकता के बारे में उदाहरणसहित विशद चर्चा की गई है। बाद में एक कथा भी दी गई है। और उस कथा के माध्यम से भी मन की चंचलता, उसे वश में लाने का उपाय, जीवन्मुक्त की स्थिति और विदेहमुक्ति का वर्णन किया गया है। आगे कहा गया है कि तत्त्वज्ञान, मनोनाश और वासनाक्षय—इन तीनों के लिए एक साथ ही प्रयत्न करना चाहिए। और इसके लिए संगत्याग, देहात्मादि भ्रम का त्याग और सहज प्राणायाम की आवश्यकता बताई गई है। इसके पाँचवें अध्याय में सात भूमिकाएँ भी बताई गई हैं। इनमें मुमुक्षा, विचारणा, भावना—ये तीन जाग्रदवस्था हैं और विलायिनी भूमिका स्वप्नावस्था है, क्योंकि उस भूमिका में जगत् स्वप्न सा दीखता है। पाँचवीं संविन्मया भूमिका अर्धसुषुप्ति और आनन्दैकाकारा है। छठी तुर्या असंवेदन है। और सातवीं तुर्यातीत है। इस प्रकार इसमें सर्वापलापी आत्मस्थता का—अध्यात्मशास्त्र के मुख्य सिद्धान्त का वर्णन है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः—देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

ॐ स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदा।
स्वस्ति न स्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

महान् कीर्तिशाली इन्द्र हमारा कल्याण करें। सर्वज्ञ पूषा देवता हमारा कल्याण करें। अरिष्टनेमि, (अप्रतिहतगति) गरुडदेव और बृहस्पति हमारा कल्याण करें।
हमारे त्रिविधतापों की शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

हरि ॐ।
निदाघो नाम योगीन्द्रः ऋभुं ब्रह्मविदां वरम्।
प्रणम्य दण्डवद्भूमावुत्थाय स पुनर्मुनिः ॥1॥
आत्मतत्त्वमनुब्रूहीत्येवं पप्रच्छ सादरम्।
कयोपासनया ब्रह्मन्नीदृशं प्राप्तवानसि ॥2॥

तां मे ब्रूहि महाविद्यां मोक्षसाम्राज्यदायिनीम्।
निदाघ त्वं कृतार्थोऽसि शृणु विद्यां सनातनीम् ॥3॥

निदाघ नाम के एक योगीन्द्र ने योगवेत्ताओं में श्रेष्ठ ऐसे ऋभु को धरती पर गिरकर प्रणाम किया। और फिर खड़े होकर उस मुनि ने उनसे आदरपूर्वक पूछा कि "मुझे आत्मतत्त्व का उपदेश दीजिए। हे ब्राह्मण! कौन-सी उपासना से आपने यह तत्त्वज्ञान (आत्मज्ञान) प्राप्त किया है? मोक्ष का साम्राज्य देने वाली उस विद्या का मुझे भी उपदेश दीजिए।" यह सुनकर ऋभु ने कहा—"हे निदाघ तुम कृतार्थ हो। तुम अब उस सनातन विद्या को सुनो।"

यस्या विज्ञानमात्रेण जीवन्मुक्तो भविष्यसि।
मूलशृङ्गाटमध्यस्था बिन्दुनादकलाऽऽश्रया ॥4॥
नित्यानन्दा निराधारा विख्याता विलसत्कचा।
विष्टपेशी महालक्ष्मीः कामस्तारो नतिस्तथा ॥5॥
भगवत्यन्नपूर्णेति ममाभिलषितं ततः।
अन्नं देहि ततः स्वाहा मन्त्रसारेति विश्रुता ॥6॥
सप्तविंशतिवर्णात्मा योगिनीगणसेविता ॥7॥

जिसका ज्ञानमात्र हो जाने से तुम जीवन्मुक्त हो जाओगे। वह विद्या मूल मंत्रोंरूपी दरवाजों के बीच में अवस्थित है। वह बिन्दु, नाद और कला का आश्रयरूप है, वह नित्य आनन्दरूप है, उसका कोई आश्रय (आधार) नहीं है। वह सुविख्यात, शोभायमान केशवाली, जगत् की ईश्वरी और महालक्ष्मीस्वरूप है। उसमें प्रथम कामनादायी बीजमंत्र 'ॐ कार' और 'नमः'—ये दो पद हैं। और इसके बाद, 'भगवति अन्नपूर्णे मम अभिलषितं'—ये पद आते हैं। और इसके भी बाद 'अन्नं देहि' ये पद हैं। और बाद में 'स्वाहा' पद आता है। यह विद्या सभी मंत्रों की साररूप के नाम से सुविख्यात है। इस मंत्र के सत्ताईस अक्षर होते हैं और योगिनियों के समूह इसकी उपासना करते हैं।

ऐं ह्रीं सौः श्रीं क्लीं ॐ नमो भगवत्यन्नपूर्णे ममाभिलषितमन्नं देहि स्वाहा।

इति पित्रोपदिष्टोऽस्मि तदादिनियमस्थितः।
कृतवान् स्वाश्रमाचारो मन्त्रानुष्ठानमन्वहम् ॥8॥
एवं गते बहुदिने प्रादुरासीन्ममाग्रतः।
अन्नपूर्णा विशालाक्षी स्मयमानमुखाम्बुजा ॥9॥

वह पूरा मंत्र इस प्रकार से है—'ऐं ह्रीं सौं श्रीं क्लीं ॐ नमो भगवति अन्नपूर्णे ममाभिलषितमन्नं देहि स्वाहा।' इस महाविद्या का मुझे मेरे पिता ने उपदेश दिया था। तब से लेकर मैं नियम में रहा और अपने आश्रमधर्मों का पालन करते हुए मैं प्रतिदिन इस मंत्र का जाप करने का अनुष्ठान करता ही रहा। ऐसा करते-करते बहुत दिन बीत गए। तब मेरे आगे अन्नपूर्णा देवी प्रकट हुईं, जो हँसते हुए मुखकमलवाली तथा विशाल नेत्र वाली थीं।

तां दृष्ट्वा दण्डवद्भूमौ नत्वा प्राञ्जलिरास्थितः।
अहो वत्स कृतार्थोऽसि वरं वरय मा चिरम् ॥10॥
एवमुक्तो विशालाक्ष्या मयोक्तं मुनिपुङ्गव।
आत्मतत्त्वं मनसि मे प्रादुर्भवतु पार्वति ॥11॥
तथैवास्त्विति मामुक्त्वा तत्रैवान्तरधीयत।
तदा मे मतिरुत्पन्ना जगद्वैचित्र्यदर्शनात् ॥12॥

(72) अन्नपूर्णोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह अथर्ववेदीय उपनिषद् काफी बड़ी है, इसमें पाँच बड़े-बड़े अध्याय हैं। अन्नपूर्णा के वरदान से तत्त्वज्ञानप्राप्ति को लेकर इसे अन्नपूर्णोपनिषद् कहा गया है। अन्नपूर्णा का मंत्र इसमें प्रथम आया है। इस मंत्र की उपासना से देवी प्रसन्न होकर तत्त्वज्ञान देती हैं। इसमें पाँच प्रकार के भ्रम बताए गए हैं, उन पाँचों को दूर करने से ही चित्त ब्रह्माकार हो सकता है। इसमें जीव और ब्रह्म की एकता के बारे में उदाहरणसहित विशद चर्चा की गई है। बाद में एक कथा भी दी गई है। और उस कथा के माध्यम से भी मन की चंचलता, उसे वश में लाने का उपाय, जीवन्मुक्त की स्थिति और विदेहमुक्ति का वर्णन किया गया है। आगे कहा गया है कि तत्त्वज्ञान, मनोनाश और वासनाक्षय—इन तीनों के लिए एक साथ ही प्रयत्न करना चाहिए। और इसके लिए संगत्याग, देहात्मादि भ्रम का त्याग और सहज प्राणायाम की आवश्यकता बताई गई है। इसके पाँचवें अध्याय में सात भूमिकाएँ भी बताई गई हैं। इनमें मुमुक्षा, विचारणा, भावना—ये तीन जाग्रदवस्था हैं और विलायिनी भूमिका स्वप्नावस्था है, क्योंकि उस भूमिका में जगत् स्वप्न सा दीखता है। पाँचवीं संविन्मया भूमिका अर्धसुषुप्ति और आनन्दैकाकारा है। छठी तुर्या असंवेदन है। और सातवीं तुर्यातीत है। इस प्रकार इसमें सर्वापलापी आत्मस्थता का—अध्यात्मशास्त्र के मुख्य सिद्धान्त का वर्णन है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः—देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

ॐ स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदा।
स्वस्ति न स्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

महान् कीर्तिशाली इन्द्र हमारा कल्याण करें। सर्वज्ञ पूषा देवता हमारा कल्याण करें। अरिष्टनेमि, (अप्रतिहतगति) गरुडदेव और बृहस्पति हमारा कल्याण करें।

हमारे त्रिविधतापों की शान्ति हो।

प्रथमोऽध्यायः

हरि ॐ।
निदाघो नाम योगीन्द्रः ऋभुं ब्रह्मविदां वरम्।
प्रणम्य दण्डवद्भूमावुत्थाय स पुनर्मुनिः ॥1॥
आत्मतत्त्वमनुब्रूहीत्येवं पप्रच्छ सादरम्।
कयोपासनया ब्रह्मन्नीदृशं प्राप्तवानसि ॥2॥

तां मे ब्रूहि महाविद्यां मोक्षसाम्राज्यदायिनीम्।
निदाघ त्वं कृतार्थोऽसि शृणु विद्यां सनातनीम् ॥3॥

निदाघ नाम के एक योगीन्द्र ने योगवेत्ताओं में श्रेष्ठ ऐसे ऋभु को धरती पर गिरकर प्रणाम किया। और फिर खड़े होकर उस मुनि ने उनसे आदरपूर्वक पूछा कि "मुझे आत्मतत्त्व का उपदेश दीजिए। हे ब्राह्मण ! कौन-सी उपासना से आपने यह तत्त्वज्ञान (आत्मज्ञान) प्राप्त किया है ? मोक्ष का साम्राज्य देने वाली उस विद्या का मुझे भी उपदेश दीजिए।" यह सुनकर ऋभु ने कहा—"हे निदाघ ! तुम कृतार्थ हो। तुम अब उस सनातन विद्या को सुनो।"

यस्या विज्ञानमात्रेण जीवन्मुक्तो भविष्यसि।
मूलशृङ्गाटमध्यस्था बिन्दुनादकलाऽऽश्रया ॥4॥
नित्यानन्दा निराधारा विख्याता विलसत्कचा।
विष्टपेशी महालक्ष्मीः कामस्तारो नतिस्तथा ॥5॥
भगवत्यन्नपूर्णेति ममाभिलषितं ततः।
अन्नं देहि ततः स्वाहा मन्त्रसारेति विश्रुता ॥6॥
सप्तविंशतिवर्णात्मा योगिनीगणसेविता ॥7॥

जिसका ज्ञानमात्र हो जाने से तुम जीवन्मुक्त हो जाओगे। वह विद्या मूल मंत्रोंरूपी दरवाजों के बीच में अवस्थित है। वह बिन्दु, नाद और कला का आश्रयरूप है, वह नित्य आनन्दरूप है, उसका कोई आश्रय (आधार) नहीं है। वह सुविख्यात, शोभायमान केशवाली, जगत् की ईश्वरी और महालक्ष्मीस्वरूप है। उसमें प्रथम कामनादायी बीजमंत्र 'ॐ कार' और 'नमः'—ये दो पद हैं। और इसके बाद, 'भगवति अन्नपूर्णे मम अभिलषितं'—ये पद आते हैं। और इसके भी बाद 'अन्नं देहि' ये पद हैं। और बाद में 'स्वाहा' पद आता है। यह विद्या सभी मंत्रों की साररूप के नाम से सुविख्यात है। इस मंत्र के सत्ताईस अक्षर होते हैं और योगिनियों के समूह इसकी उपासना करते हैं।

ऐं ह्रीं सौः श्रीं क्लीं ॐ नमो भगवत्यन्नपूर्णे ममाभिलषितमन्नं देहि स्वाहा।
इति पित्रोपदिष्टोऽस्मि तदादिनियमस्थितः।
कृतवान् स्वाश्रमाचारो मन्त्रानुष्ठानमन्वहम् ॥8॥
एवं गते बहुदिने प्रादुरासीन्ममाग्रतः।
अन्नपूर्णा विशालाक्षी स्मयमानमुखाम्बुजा ॥9॥

वह पूरा मंत्र इस प्रकार से है—'ऐं ह्रीं सौं श्रीं क्लीं ॐ नमो भगवति अन्नपूर्णे ममाभिलषितमन्नं देहि स्वाहा।' इस महाविद्या का मुझे मेरे पिता ने उपदेश दिया था। तब से लेकर मैं नियम में रहा और अपने आश्रमधर्मों का पालन करते हुए मैं प्रतिदिन इस मंत्र का जाप करने का अनुष्ठान करता ही रहा। ऐसा करते-करते बहुत दिन बीत गए। तब मेरे आगे अन्नपूर्णा देवी प्रकट हुईं, जो हँसते हुए मुखकमलवाली तथा विशाल नेत्र वाली थीं।

तां दृष्ट्वा दण्डवद्भूमौ नत्वा प्राञ्जलिरास्थितः।
अहो वत्स कृतार्थोऽसि वरं वरय मा चिरम् ॥10॥
एवमुक्तो विशालाक्ष्या मयोक्तं मुनिपुङ्गव।
आत्मतत्त्वं मनसि मे प्रादुर्भवतु पार्वति ॥11॥
तथैवास्त्विति मामुक्त्वा तत्रैवान्तरधीयत।
तदा मे मतिरुत्पन्ना जगद्वैचित्र्यदर्शनात् ॥12॥

उन्हें देखकर भूमि पर दण्डवत् प्रणाम करके दोनों हाथ जोड़कर मैं खड़ा रह गया। तब उन्होंने कहा कि—'हे पुत्र ! तुम कृतार्थ हो चुके हो ! वरदान माँग लो ! विलम्ब मत करो।' जब विशाल नेत्रों वाली उन देवी ने ऐसा कहा, तब हे मुनिश्रेष्ठ ! मैंने माँगा कि 'हे पार्वती ! मेरे मन में आत्मतत्त्व प्रकट हो।' तब 'तथैवास्तु' ('ऐसा ही होगा') यह कहकर वे देवी वहीं अदृश्य हो गईं। इसलिए उसी समय मुझे जगत् की विचित्रता के दर्शन होने लगे और मेरी बुद्धि इस प्रकार की हो गई।

भ्रमः पञ्चविधो भाति तदेवेह समुच्यते।
जीवेश्वरौ भिन्नरूपाविति प्राथमिको भ्रमः ॥13॥
आत्मनिष्ठं कर्तृगुणं वास्तवं वा द्वितीयकः।
शरीरत्रयसंयुक्तजीवः सङ्गी तृतीयकः ॥14॥
जगत्कारणरूपस्य विकारित्वं चतुर्थकः।
कारणाद्भिन्नजगतः सत्यत्वं पञ्चमो भ्रमः।
पञ्चभ्रमनिवृत्तिश्च तदा स्फुरति चेतसि ॥15॥
बिम्बप्रतिबिम्बदर्शनेन भेदभ्रमो निवृत्तः। स्फटिकलोहितदर्शनेन पारमार्थिककर्तृत्वभ्रमो निवृत्तः। घटमठाकाशदर्शनेन सङ्गीति भ्रमो निवृत्तः। रज्जुसर्पदर्शनेन कारणाद्भिन्नजगतः सत्यत्वभ्रमो निवृत्तः। कनकरुचकदर्शनेन विकारित्वभ्रमो निवृत्तः ॥15-1॥
तदा प्रभृति मच्चित्तं ब्रह्माकारमभूत् स्वयम्।
निदाघ त्वमपीत्थं हि तत्त्वज्ञानमवाप्नुहि ॥16॥

जो पाँच प्रकार का भ्रम दिखाई देता है, वही यहाँ कहा जा रहा है—'जीव और ईश्वर अलग-अलग रूपवाले हैं'—यह पहला भ्रम है। 'आत्मा में कर्तृत्व का गुण है और वह वास्तविक है'—यह दूसरा भ्रम है। 'जीव तीन शरीरों से युक्त है और संगयुक्त है'—यह तीसरा भ्रम है। 'जगत् का कारण विकारी होता है'—यह मानना चौथा भ्रम है, और 'जगत् उसके कारण से अलग है और वास्तविक सत्य है'—यह पाँचवाँ भ्रम है। ये पाँचों भ्रम इस प्रकार दूर हो सकते हैं—जब बिम्ब और प्रतिबिम्ब को देखा जाता है तब दोनों की भिन्नता को व्यर्थ देखकर प्रथम भ्रम की निवृत्ति होती है। स्फटिकमणि में दिखाई देती हुई लालिमा पुष्पादि के सामीप्य से ही है, ऐसा सोदाहरण देखने से आत्मा में वास्तविक कर्तापन देखने का दूसरा भ्रम चला जाता है। घटाकाश, मठाकाश आदि आकाशों में घट-मठ आदि उपाधियों का कोई संग नहीं है, इस उदाहरण को देखने से आत्मा में लिप्तता के तीसरे भ्रम की निवृत्ति हो जाती है। रस्सी में दीखने वाला साँप सही नहीं होता, यह देखने से, 'जगत् अपने कारण से अलग है'—ऐसा चौथा भ्रम भी चला जाता है और सुवर्ण आभूषणों से अलग नहीं होता—यह देखकर जगत्कारण के विकारी होने का भ्रम भी चला जाता है। इस प्रकार जब पाँचों प्रकार के मेरे भ्रम दूर हो गए, तब से लेकर मेरा चित्त आप ही आप ब्रह्माकार होने लगा। हे निदाघ ! तुम भी उसी प्रकार से इस तत्त्वज्ञान को प्राप्त कर लो।'

निदाघः प्रणतो भूत्वा ऋभुं पप्रच्छ सादरम्।
ब्रूहि मे श्रद्दधानाय ब्रह्मविद्यामनुत्तमाम् ॥17॥
तथेत्याह ऋभुः प्रीतस्तत्त्वज्ञानं वदामि ते।
महाकर्ता महाभोक्ता महात्यागी भवानघ।
स्वस्वरूपानुसन्धानमेवं कृत्वा सुखी भव ॥18॥

नित्योदितं विमलमाद्यमनन्तरूपं ब्रह्मास्मि नेतरकलाकलनं हि किञ्चित्।
इत्येव भावय निरञ्जनतामुपेतो निर्वाणमेहि सकलामलशान्तवृत्तिः ॥19॥

बाद में निदाघ ने प्रणाम करके आदरपूर्वक ऋभु से पूछा कि मुझ श्रद्धालु को सर्वोत्तम ब्रह्मविद्या का उपदेश दीजिए। तब 'बहुत अच्छा'—ऐसा कहकर प्रसन्न होकर ऋभु ने कहा कि मैं तुम्हें तत्त्वज्ञान का उपदेश दे रहा हूँ—हे निदाघ ! तुम महाकर्ता, महाभोक्ता और महात्यागी हो जाओ और इस प्रकार का अनुसन्धान करके सुखी बने रहो। तुम ऐसी भावना करो कि 'मैं तो नित्योदित, निर्मल, आद्य और अनन्तरूप ब्रह्म ही हूँ और सोचो कि दूसरे दिखाई देने वाले जो अंश हैं, वे हैं ही नहीं। और ऐसी भावना करते-करते निरंजन भाव प्राप्त कर लो तथा संपूर्ण निर्मल होकर शान्तवृत्ति वाले होकर निर्वाणपद को प्राप्त कर लो।'

यदिदं दृश्यते किञ्चित् तत्तन्नास्तीति भावय।
यथा गन्धर्वनगरं यथा वारि मरुस्थले ॥20॥
यत्तु नो दृश्यते किञ्चिद्यत्तु किञ्चिदिव स्थितम्।
मनःषष्ठेन्द्रियातीतं तन्मयो भव वै मुने ॥21॥
अविनाशि चिदाकाशं सर्वात्मकमखण्डितम्।
नीरन्ध्रं भूरिवाशेषं तदस्मीति विभावय ॥22॥

जैसे वास्तव में गन्धर्वनगर है ही नहीं, जैसे मरुमरीचिका में वास्तविक जल है ही नहीं, ठीक उसी प्रकार यह दिखाई देने वाला जगत् वास्तव में है ही नहीं—ऐसा सोचते ही रहो। हे मुनि ! जो परमतत्त्व दिखाई नहीं देता, परन्तु पारमार्थिक रूप से कुछ सत्तात्मक है और वह मन और छहों इन्द्रियों से परे है, तुम उस तत्त्वरूप हो जाओ। चैतन्याकाश अविनाशी, सर्वस्वरूप, अखण्डित और जल की तरह छिद्ररहित है। तुम ऐसा मानो कि 'मैं वही पूर्ण चैतन्यस्वरूप हूँ।'

यदा संक्षीयते चित्तमभावात्यन्तभावनात्।
चित्सामान्यस्वरूपस्य सत्तासामान्यता तदा ॥23॥
नूनं चैत्यांशरहिता चिद्यदाऽऽत्मनि लीयते।
असद्रूपवदत्यच्छा सत्तासामान्यता तदा ॥24॥
दृष्टिरेषा हि परमा सदेहादेहयोः समा।
मुक्तयोः सम्भवत्येव तुर्यातीतपदाभिधा ॥25॥

सभी वस्तुओं के अभाव की भावना करते-करते जब चित्त का नाश हो जाता है, तब केवल चैतन्य की सत्तामात्र ही अवशिष्ट रह जाती है। अंशरहित विषयज्ञान जब आत्मा में लीन हो जाता है तब सापेक्ष सत्ता रहित (असत्ता जैसी ही) एक सत्ता रह जाती है। यही परमदृष्टि देहधारी मुक्त मनुष्य में और विदेहमुक्त में समान ही रहती है। इसी का नाम 'तुर्यातीत' पद है।

व्युत्थितस्य भवत्येषा समाधिस्थस्य चानघ।
ज्ञस्य केवलमज्ञस्य न भवत्येव बोधजा ॥26॥
अनानन्दसमानन्द मुग्धमुग्धमुखद्युतिः।
चिरकालपरिक्षीणमननादिपरिभ्रमः।
पदमासाद्यते पुण्यं प्रज्ञयैवैकया तथा ॥27॥

हे निर्दोष ! यह ज्ञानजन्य दृष्टि तो समाधि से उठे हुए योगी में अथवा तो समाधि में ही अवस्थित किसी ज्ञानयोगी में ही होती है। अज्ञानी को यह दृष्टि नहीं होती। उस दृष्टि में लौकिक-सापेक्ष आनन्द के अभाव जैसा आनन्द होता है और उस योगज्ञानी के मुख की कान्ति तो मुग्ध से भी मुग्ध जैसी होती है। उसमें लम्बे अरसे की मनन आदि की भ्रान्ति भी नष्ट हुई होती है। यह पवित्र पद तो केवल एक प्रज्ञा के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

इमं गुणसमाहारमनात्मत्वेन पश्यतः।
अन्तःशीतलया याऽसौ समाधिरिति कथ्यते ॥28॥
अवासनं स्थिरं प्रोक्तं मनोध्यानं तदेव च।
तदेव केवलीभानं शान्ततैव च तत् सदा ॥29॥
तनुवासनमत्युच्चैः पदायोद्यतमुच्यते।
अवासनं मनोऽकर्तृपदं तस्मात्तवाप्यते ॥30॥
घनवासनमेतत्तु चेतःकर्तृत्वभावनम्।
सर्वदुःखप्रदं तस्माद्वासनां तनुतां नयेत् ॥31॥

जो मनुष्य भीतर की शान्त-शीतल स्थिति द्वारा इस गुणसमुदाय को केवल अनात्मरूप से ही देखता है, वह दर्शन उसकी समाधि अवस्था कही जाती है। उसी को वासनारहित स्थिर मनोध्यान कहा जाता है। उसी को केवलीभान भी कहा जाता है वही शान्तता है। जो मन कम वासना वाला होता है, वह उच्च पद के लिए उद्यत माना जाता है। जब सभी मनोवृत्तियाँ नष्ट हो जाती हैं, तब आत्मा में अकर्तापन आ जाता है (समझा जाता है)। जब चित्त में बहुत सी वासनाएँ रहती हैं तभी आत्मा की कर्तृत्वभावना वाला चित्त होता है। ऐसा चित्त सभी दुःखों का देने वाला है, इसलिए सभी वासनाओं का त्याग ही कर देना चाहिए।

चेतसा सम्परित्यज्य सर्वभावात्मभावनाम्।
सर्वमाकाशतामेति नित्यमन्तर्मुखस्थितेः ॥32॥
यथा विपणगा लोका विहरन्तोऽप्यसत्समाः।
असंबन्धात्तथा ज्ञस्य ग्रामोऽपि विपिनोपमः ॥33॥
अन्तर्मुखतया नित्यं सुप्तो बुद्धो व्रजन् पठन्।
पुरं जनपदं ग्राममरण्यमिव पश्यति ॥34॥
अन्तःशीतलतायां तु लब्धायां शीतलं जगत्।
अन्तस्तृष्णोपतप्तानां दावदाहमयं जगत् ॥35॥
भवत्यखिलजन्तूनां यदन्तस्तद्बहिः स्थितम् ॥36॥

सभी विषयों से चित्त की आत्मभावना को ('मैं' 'मेरा' को) छोड़कर जो पुरुष नित्य अन्तर्मुखी वृत्तिवाला हो जाता है, उसे यह सब कुछ आकाश की तरह सर्वविषयशून्य ही दिखाई पड़ता है। (उसे कुछ नहीं दीखता।) जैसे बाजार में बहुत लोग आते-जाते हैं, परन्तु उनके साथ सम्बन्ध नहीं होने से वे सब नहीं के बराबर ही दीखते हैं। वैसे ही ज्ञानी की दृष्टि से गाँव भी, सम्बन्ध नहीं होने से, वन जैसा ही है। वह ज्ञानी नित्य अन्तर्मुख होता है, इसलिए सोते हुए, जागते हुए, जाते हुए और स्पष्ट बोलते हुए भी वह गाँव को जंगल जैसा ही मानता है। अंतस् में जब शीतलता प्राप्त होती है, तब जगत् शीतल (अस्तित्वहीन) हो जाता है। और अन्तस् में तृष्णा (वासनाओं) से तपे हुए मनुष्यों के लिए तो जगत् दावानल से जलता हुआ ही दिखाई देता है। क्योंकि सभी प्राणियों में जैसा अन्तस् में होता है, वैसा ही बाहर निकल आता है।

यस्त्वात्मरतिरेवान्तः कुर्वन् कर्मेन्द्रियैः क्रियाः।
न वशो हर्षशोकाभ्यां स समाहित उच्यते ॥37॥
आत्मवत् सर्वभूतानि परद्रव्याणि लोष्ठवत्।
स्वभावादेव न भयाद्यः पश्यति स पश्यति ॥38॥
अद्यैव मृतिरायातु कल्पान्तनिचये न वा।
नासौ कलङ्कमाप्नोति हेम पङ्कगतं यथा ॥39॥

जो पुरुष अन्तस् में केवल आत्मा के साथ ही रमण करता रहता है, वह कर्मेन्द्रियों के द्वारा क्रियाएँ भले ही करता रहे, परन्तु वह हर्ष या शोक के वश में नहीं आता। ऐसा पुरुष ही समाधिनिष्ठ कहा जाता है। जो मनुष्य किसी डर के मारे नहीं, किन्तु स्वभाव के ही कारण सभी मनुष्यों को अपने समान मानता है और पराये धन को मृत्पिण्ड (मिट्टी के ढेले) जैसा मानता है वही सही दृष्टि से देखता है। ऐसे मनुष्य का मरण आज ही हो या कल्प के बाद भी न हो, कीचड़ में पड़े हुए सोने की भाँति वह कलंक को प्राप्त नहीं होता।

कोऽहं कथमिदं किं वा कथं मरणजन्मनी।
विचारयान्तरे वेत्थं महत्तत्फलमेष्यसि ॥40॥
विचारेण परिज्ञातस्वभावस्य सतस्तव।
मनःस्वरूपमुत्सृज्य शममेष्यति विज्वरम् ॥41॥
विज्वरत्वं गतं चेतस्तव संसारवृत्तिषु।
न निमज्जति तद्ब्रह्मन् गोष्पदेष्विव वारणः ॥42॥
कृपणं तु मनो ब्रह्मन् गोष्पदेऽपि निमज्जति।
कार्ये गोष्पदतोयेऽपि विशीर्णो मशको यथा ॥43॥

'मैं कौन हूँ ? यह क्या और कैसा है ? ये जन्म-मरण किस कारण से होते हैं ?' यह सब तुम अन्तस् में सोचते ही रहो। ऐसा करने से तुम मोक्षरूपी महान् फल को प्राप्त करोगे। चिन्तन-मनन के द्वारा तुम जब अपने निजी स्वरूप को पहचान लोगे, तब तुम्हारा मन अपना मनोरूप छोड़ देगा और वह मन तब सन्तापरहित बन जाएगा और शान्ति को प्राप्त होगा। हे ब्राह्मण ! जब तुम्हारा मन संतापरहित हो जाएगा, तब जैसे गाय के पदचिह्न में भरे पानी में हाथी नहीं डूब सकता, वैसे ही सांसारिक व्यापारों में वह नहीं डूबेगा। परन्तु हे ब्राह्मण ! जैसे मच्छर गाय के पदचिह्न जैसे गड्ढे में भी डूब ही जाता है, वैसे ही दैन्ययुक्त मन गोपद जितने पानी में भी फँस ही जाता है।

यावद्यावन्मुनिश्रेष्ठ स्वयं सन्त्यज्यतेऽखिलम्।
तावत्तावत् परालोकः परमात्मैव शिष्यते ॥44॥
यावत् सर्वं न सन्त्यक्तं तावदात्मा न लभ्यते।
सर्ववस्तुपरित्यागे शेष आत्मेति कथ्यते ॥45॥
आत्मावलोकनार्थं तु तस्मात् सर्वं परित्यजेत्।
सर्वं सन्त्यज्य दूरेण यच्छिष्टं तन्मयो भव ॥46॥
सर्वं किञ्चिदिदं दृश्यं दृश्यते यज्जगद्गतम्।
चिन्निष्पन्दांशमात्रं तन्नान्यत् किंचन शाश्वतम् ॥47॥

हे श्रेष्ठमुनि ! जैसे-जैसे आप ही आप सब छोड़ दिया जाता है, वैसे-वैसे प्रकाशरूप परमात्मा ही अवशिष्ट रूप में दिखाई देता रहता है। परन्तु जहाँ तक यह सब छूट नहीं सकता, वहाँ तक तो

आत्मा नहीं मिलता, क्योंकि सभी वस्तुओं का त्याग कर देने पर ही जो अवशिष्ट रहता है, वही आत्मा होता है। इसलिए आत्मा का दर्शन करने के लिए सब कुछ का त्याग कर देना चाहिए। और सब कुछ का त्याग करने पर जो शेष रहे, उसी के साथ तुम तन्मय हो जाओ। जगत् के अन्दर यह जो कुछ भी दृश्य दिखाई दे रहा है यह तो उस चैतन्य की लीला का एक अंशमात्र ही है। अतः उसके अतिरिक्त तो कुछ भी सनातन नहीं है।

समाहिता नित्यतृप्ता यथाभूतार्थदर्शिनी।
ब्रह्मन् समाधिशब्देन परा प्रज्ञोच्यते बुधैः ॥48॥
अक्षुब्धा निरहंकारा द्वन्द्वेष्वननुपातिनी।
प्रोक्ता समाधिशब्देन मेरोः स्थिरतरा स्थितिः ॥49॥
निश्चिता विगताभीष्टा हेयोपादेयवर्जिता।
ब्रह्मन् समाधिशब्देन परिपूर्णा मनोगतिः ॥50॥
केवलं चित्प्रकाशांशकल्पिता स्थिरतां गता।
तुर्या सा प्राप्यते दृष्टिर्महद्भिर्वेदवित्तमैः ॥51॥

हे ब्राह्मण! एकाग्र और नित्यतृप्त तथा याथात्म्यदर्शिनी श्रेष्ठ प्रज्ञा को ही विद्वान् लोग समाधि कहते हैं। क्षोभरहित, अहंकाररहित, राग-द्वेषादि द्वन्द्वों से विमुख, मेरुपर्वत जैसी जो अचल स्थिति है, उसी को 'समाधि' कहा गया है। हे ब्राह्मण! निश्चयात्मक, प्रेयस् को छोड़ने वाली, हेय-उपादेय से रहित और परिपूर्ण—ऐसी जो मनःस्थिति है, उसे ही समाधि कहा गया है। जो दृष्टि केवल चैतन्य के अंशों से ही बनी हो, जिसे स्थिरता प्राप्त हो गई हो, उसे तुर्या दृष्टि कहते हैं और बड़े वेदज्ञानी पुरुष द्वारा ही प्राप्त की जाती है।

अदूरगतसादृश्या सुषुप्तस्योपलक्ष्यते।
मनोऽहङ्कारविलये सर्वभावान्तरस्थिता ॥52॥
समुदेति परानन्दा या तनुः पारमेश्वरी।
मनसैव मनश्छित्त्वा सा स्वयं लभ्यते गतिः ॥53॥
तदनु विषयवासनाविनाशस्तदनु शुभः परमस्फुटप्रकाशः।
तदनु च समतावशात् स्वरूपे परिणमनं महतामचिन्त्यरूपम् ॥54॥
अखिलमिदमनन्तमात्मतत्त्वं दृढपरिणामिनि चेतसि स्थितोऽन्तः।
बहिरुपशमिते चराचरात्मा स्वयमनुभूयत एव देवदेवः ॥55॥

यह अवस्था लगभग सुषुप्ति जैसी होती है। मन और अहंकार का नाश होने पर ही इसका अनुभव हो सकता है। यह अवस्था सभी मानवों के भीतर अस्तित्व रखती ही है। जब परमानन्द-स्वरूप परमेश्वर प्रकट होते हैं, तब मन के द्वारा ही मन को काटकर अपने आप ही यह अवस्था प्राप्त की जाती है। और उसके बाद ही विषय वासनाएँ नष्ट होती हैं। और फिर उसके बाद ही परमप्रकाश (परमोत्तम प्रकाश) स्पष्ट हो जाता है, और उसी के बाद समता से स्वरूप में परिणत हुआ जाता है। बड़े-बड़े लोगों के लिए भी इसका स्वरूप अचिन्त्य है। यह सब अनन्त आत्मतत्त्व ही है। यह आत्मा दृढ़ परिणामी चित्त के भीतर ही अवस्थित रहा है। जिस समय यह चित्त बाहर के विषयों की ओर जाना बन्द कर देता है, उसी समय वह देवों का देव अपने आप ही चराचर के आत्मा के रूप में अनुभव में आ जाता है।

असक्तं निर्मलं चित्तं युक्तं संसार्यविस्फुटम्।
सक्तं तु दीर्घतपसा मुक्तमप्यतिबद्धवत् ॥56॥
अन्तःसंसक्तिनिर्मुक्तो जीवो मधुरवृत्तिमान्।
बहिः कुर्वन्नकुर्वन् वा कर्ता भोक्ता न हि क्वचित् ॥57॥

इति प्रथमोऽध्यायः।

संसारी होने पर भी चित्त यदि आसक्ति से रहित हो और निर्मल हो, तो स्पष्टरूप से वह मुक्त ही है, पर यदि वही चित्त लम्बी तपश्चर्या से युक्त हो और फिर भी आसक्तियुक्त हो, तो वह बिल्कुल ही बद्ध जैसा है। इसलिए भीतर की आसक्ति से रहित जीव मधुर वृत्तिवाला होता है और वह यदि कोई भी कार्य करे या न करे तो भी किसी भी काल में न कर्त्ता होता है, न भोक्ता ही होता है।

यहाँ प्रथम अध्याय पूरा हुआ।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

निदाघः उवाच—
सङ्गः कीदृश इत्युक्तः कश्च बन्धाय देहिनाम्।
कश्च मोक्षाय कथितः कथं त्वेष चिकित्स्यते ॥1॥
देहदेहिविभागैकपरित्यागेन भावना।
देहमात्रे हि विश्वासः सङ्गो बन्धाय कथ्यते ॥2॥

तब निदाघ ने कहा—'संग किसे कहा जाता है ? कैसा संग प्राणियों को बन्धन में डालने वाला होता है ? और कौन-सा संग मोक्ष देने वाला होता है ? संग को दूर करने का उपाय क्या है ?' तब ऋभु बोले—'शरीर अलग है और आत्मा अलग है' इस प्रकार के भेद विचार का त्याग करके, 'केवल शरीर ही आत्मा है'—ऐसा मानकर उस पर ही भरोसा करना, ऐसा संग बन्धनकारक होता है।

सर्वमात्मेदमत्राहं किं वाञ्छामि त्यजामि किम्।
इत्यसङ्गस्थितिं विद्धि जीवन्मुक्ततनुस्थिताम् ॥3॥
नाहमस्मि न चान्योऽस्ति न चायं न च नेतरः।
सोऽसङ्ग इति सम्प्रोक्तो ब्रह्मास्मीत्येव सर्वदा ॥4॥
नाभिनन्दति नैष्कर्म्यं न कर्मस्वनुषज्यते।
सुसमो यः परित्यागी सोऽसंसक्त इति स्मृतः ॥5॥
सर्वकर्मफलादीनां मनसैव न कर्मणा।
निपुणो यः परित्यागी सोऽसंसक्त इति स्मृतः ॥6॥

"यह सब कुछ जब आत्मा ही है, तो मैं किस वस्तु का त्याग करूँ और किसको चाहूँ ?" ऐसी भावना को तुम असंग स्थिति जानो। ऐसी स्थिति जीवन्मुक्तों को होती है। "मैं भी नहीं हूँ, दूसरा भी नहीं है, यह भी नहीं है, वह भी नहीं है, केवल मैं ब्रह्म ही हूँ"—इस प्रकार अनुभव जो मनुष्य सर्वकाल में करता ही रहता है उसे संगरहित कहा जाता है। जो मनुष्य कर्मरहितता (निष्कर्मण्यता) पसंद नहीं करता और साथ ही साथ कर्मों में आसक्त भी नहीं होता और बहुत ही समान भाववाला होकर सभी का

परित्याग कर देता है, उसे 'आसक्तिरहित' कहा जाता है। जो निपुण (कुशल) मनुष्य मन से ही अपने सभी कर्मों के फलादि को छोड़ देता है, पर कर्मों को नहीं छोड़ता उसे आसक्तिरहित कहा जाता है।

असङ्कल्पेन सकलाश्चेष्टा नाना विजृम्भिताः।
चिकित्सिता भवन्तीह श्रेयः सम्पादयन्ति हि ॥7॥
न सक्तमिह चेष्टासु न चिन्तासु न वस्तुषु।
न गमागमचेष्टासु न कालकलनासु च ॥8॥
केवलं चिति विश्रम्य किञ्चिच्चैत्यावलम्ब्यपि।
सर्वत्र नीरसमिह तिष्ठत्यात्मरसं मनः ॥9॥
व्यवहारमिदं सर्वं मा करोतु करोतु वा।
अकुर्वन् वाऽपि कुर्वन् वा जीवः स्वात्मरतिक्रियः ॥10॥

जो अनेक प्रकार की चेष्टाएँ उत्पन्न होती रहती हैं, उन्हें असंकल्प से दूर किया जा सकता है। और उसी असंकल्परूप उपाय से ऐसे लोग इस लोक में कल्याण को (मोक्ष को) प्राप्त कर सकते हैं। मन इस लोक की चिन्ताओं में लगा न हो, किसी भी पदार्थ (विषय) में चिपक न गया हो, जाने-आने की चेष्टाओं में भी उसका लगाव न हो, काल की गति के साथ भी उसका कोई संपर्क न हो और वह केवल चैतन्य में ही विश्रान्ति पाकर अन्य किसी भी विषय का थोड़ा-सा भी आश्रय न करता हो; इस तरह सभी जगहों में भले वह नीरस हो परन्तु वह केवल आत्मा में तो रसयुक्त ही रहता है। भले ही वह इस संसार के सभी व्यवहार करता हो अथवा न भी करता हो, तो भी जीव को अपने आत्मा में रमण करने की क्रिया तो चालू ही रखनी चाहिए।

अथवा तमपि त्यक्त्वा चैत्यांशं शान्तचिद्घनः।
जीवस्तिष्ठति संशान्तो ज्वलन्मणिरिवात्मनि ॥11॥
चित्ते चैत्यदशाहीने या स्थितिः क्षीणचेतसाम्।
सोच्यते शान्तकलना जाग्रत्येव सुषुप्तता ॥12॥

अथवा तो विषय के उस अंश का भी परित्याग करके शान्त और चैतन्यमय बनकर जीव अपने ही प्रकाश से प्रकाशित (स्वयंप्रकाश) मणि की तरह अत्यन्त शान्त रहता है। चित्त जब जगत् के विषयों की दशा से रहित हो जाता है, तब जो मनोरहित लोगों की स्थिति होती है, वैसी ही उसकी स्थिति हो जाती है। उसे शान्तकलना (शान्तवासना) कहा जाता है और उसे जाग्रत् में भी सुषुप्तावस्था कहा गया है।

एषा निदाघ सौषुप्तस्थितिरभ्यासयोगतः।
प्रौढा सती तुरीयेति कथिता तत्त्वकोविदैः ॥13॥
अस्यां तुरीयावस्थायां स्थितिं प्राप्याविनाशिनीम्।
आनन्दैकान्तशीलत्वादनानन्दपदं गतः ॥14॥
अनानन्दमहानन्दकालातीतस्ततोऽपि हि।
मुक्त इत्युच्यते योगी तुर्यातीतपदं गतः ॥15॥
परिगलितसमस्तजन्मपाशः सकलविलीनतमोमयाभिमानः।
परमरसमयीं परात्मसत्तां जलगतसैन्धवखण्डवन्महात्मा ॥16॥

हे निदाघ ! ऐसी सुषुप्ति की अवस्था जब अभ्यास से परिपक्व बन जाती है, तब तत्त्ववेत्ता लोग उसे 'तुरीयावस्था' कहते हैं। इस तुरीयावस्था में अविनाशी की स्थिति पाकर केवल एक निरपेक्ष आनन्द का ही परिचय पाकर वह 'अनानन्द' स्थिति को पाता है (क्योंकि आनन्द भी सप्रतियोगिक और सापेक्ष शब्द है, यहाँ जब निष्प्रतियोगिक और निरपेक्ष अनुभव होता है, उसे 'आनन्द' शब्द से व्यवहृत करना योग्य नहीं है, यह यहाँ तात्पर्य है।) इस प्रकार अनानन्द, महानन्द और कालातीत बनने के बाद तुर्यातीतपद को प्राप्त हुआ योगी मुक्त कहा जाता है। ऐसा हो जाने के बाद उसके सभी जन्मरूपी बन्धन टूट जाते हैं। अज्ञानमय सकल अभिमान नष्ट हो जाता है। जल में डाले हुए नमक के गट्ठे की तरह वह महात्मा परम रसमय परम सत्ता को प्राप्त हो जाता है, उसमें विलीन हो जाता है।

जडाजडदृशोर्मध्ये यत्तत्त्वं पारमार्थिकम्।
अनुभूतिमयं तस्मात् सारं ब्रह्मेति कथ्यते ॥17॥
दृश्यसंवलितो बन्धस्तन्मुक्तौ मुक्तिरुच्यते।
द्रव्यदर्शनसम्बन्धे याऽनुभूतिरनामया ॥18॥
तामवष्टभ्य तिष्ठ त्वं सौषुप्तीं भजते स्थितिम्।
सैव तुर्यत्वमाप्नोति तस्यां दृष्टिं स्थिरां कुरु ॥19॥
आत्माऽस्थूलो न चैवाणुर्न प्रत्यक्षो न चेतरः।
न चेतनो न च जडो न चैवासन्न सन्मयः ॥20॥
नाहं नान्यो न चैवैको न चानेकोऽद्वयोऽव्ययः।
यदिदं दृश्यतां प्राप्तं मनःसर्वेन्द्रियास्पदम् ॥21॥

जड़ एवं चेतन के बीच जो अनुस्यूत तत्त्व है, वह पारमार्थिक है, वह अनुभवमय है, इसलिए इसे ही साररूप ब्रह्मतत्त्व कहा जाता है। दृश्यों के साथ मिश्रित हो जाना ही बन्धन है और उनसे छुटकारा पा लेना ही मुक्ति है। द्रव्य (विषय) का जब दर्शनसम्बन्ध होता है, तब भी जो निर्दोष (निर्लिप्त) केवल अनुभवरूप रहता है, उसी स्थिति का आश्रय करके तुम रहो। जो मनुष्य ऐसी सुषुप्तिमय अवस्था को प्राप्त होता है, वही तुरीयपद की स्थिति को प्राप्त होता है। इसलिए तुम उसी स्थिति में अपनी दृष्टि को स्थिर करके रहो। आत्मा स्थूल भी नहीं है और सूक्ष्म भी नहीं है। वह प्रत्यक्ष भी नहीं है और परोक्ष भी नहीं है। चेतन भी नहीं है, जड़ भी नहीं है। असत् भी नहीं है, और सत् भी नहीं है। वह 'मैं' भी नहीं है और 'अन्य' भी नहीं है। वह एक भी नहीं है और अनेक भी नहीं है। वह तो अद्वैत, अविनाशी और निर्विकार है। जो यह सब दृश्यरूप हुआ है, वह तो सब इन्द्रियों का स्थान (केन्द्र) मन ही है।

दृश्यदर्शनसम्बन्धे यत्सुखं पारमार्थिकम्।
तदतीतं पदं यस्मात्तन्न किञ्चिदिवैव तत् ॥22॥
न मोक्षो नभसः पृष्ठे न पाताले न भूतले।
सर्वाशासंक्षये चेतःक्षयो मोक्ष इतीष्यते ॥23॥
मोक्षो मेऽस्त्विति चिन्ताऽन्तर्जाता चेदुत्थितं मनः।
मननोत्थे मनस्येष बन्धः सांसारिको दृढः ॥24॥
तदमार्जनमात्रं हि महासंसारतां गतम्।
तत्प्रमार्जनमात्रं तु मोक्ष इत्यभिधीयते ॥25॥

दृश्य और दर्शन का सम्बन्ध (ऐक्य) होने से जो पारमार्थिक सुख का अनुभव होता है, वही पद सबसे परे (सर्वातीत) होता है। और उससे जो सुख होता है, वह पारमार्थिक और उच्चतम (परे का) पद है। इसलिए वह ऐसा लगता है कि मानो कुछ भी न हो। मोक्ष कहीं आकाश के पृष्ठ में नहीं है, वह पृथ्वी पर भी नहीं है और पाताल में भी नहीं है। बस, सभी आशाओं का नाश हो जाता है, वही मोक्ष है। 'मेरा मोक्ष हो'—ऐसी जो एक तरस (तड़पन) दिल में उठती है, तो बस, मन का उड़ान शुरू हो ही गई ऐसा समझो। और अगर मन अन्यान्य विचारों में लग गया, तो वही संसार का दृढ़ बन्धन हो जाता है। उसका मार्जन नहीं करना ही संसारता को प्राप्त होना कहलाता है और उसका मार्जन कर देना ही मोक्ष है।

आत्मन्यतीते सर्वस्मात्सर्वरूपेऽथ वा तते।
को बन्धः कश्च वा मोक्षो निर्मूलं मननं कुरु ॥26॥
अध्यात्मरतिराशान्तः पूर्णः पावनमानसः।
प्राप्तानुत्तमविश्रान्तिर्न किञ्चिदिह वाञ्छति ॥27॥
सर्वाधिष्ठानसन्मात्रे निर्विकल्पे चिदात्मनि।
यो जीवति गतस्नेहः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥28॥
नापेक्षते भविष्यच्च वर्तमाने न तिष्ठति।
न संस्मरत्यतीतं च सर्वमेव करोति च ॥29॥

आत्मा सबसे पर और सर्वव्यापक एवं सर्वरूप है, तब फिर बन्धन कहाँ रहा ? और तब तो फिर मोक्ष भी क्या है ? इसलिए तुम अपने मन को ही निर्मूल बना दो। जो पुरुष अपने आत्मा में ही रमण करने वाला होता है, जो शान्त है और पवित्र मन वाला है, जो संपूर्ण रूप से शान्ति को प्राप्त कर चुका होता है, वह इस लोक में कुछ भी नहीं चाहता। जो मनुष्य सर्व के अधिष्ठानरूप सत्यस्वरूप निर्विकल्प चिदात्मा में ही रमण कर रहा हो, उसकी सभी प्रकार की आसक्ति समाप्त हो जाती है और वह 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है। उसे भविष्य की कोई चिन्ता नहीं होती। वह वर्तमान पर कोई आधार नहीं रखता। वह अपने भूतकाल को भी कभी याद नहीं करता और सब कुछ किया करता है।

अनुबन्धपरे जन्तावसंसर्गमनाः सदा।
भक्ते भक्तसमाचारः शटे शठ इव स्थितः ॥30॥
बालो बालेषु वृद्धेषु वृद्धो धीरेषु धैर्यवान्।
युवा यौवनवृत्तेषु दुःखितेषु सुदुःखधीः ॥31॥
धीरधीरुदितानन्दः पेशलः पुण्यकीर्तनः।
प्राज्ञः प्रसन्नमधुरो दैन्यादपगताशयः ॥32॥
अभ्यासेन परिस्पन्दे प्राणानां क्षयमागते।
मनः प्रशममायाति निर्वाणमवशिष्यते ॥33॥

उस पुरुष के प्रति अन्य प्राणी यदि उससे आसक्त रहें, तो भी उसका मन तो सदैव निःसंग (आसक्तिरहित) ही रहता है। वह अपने भक्त के प्रति भक्त जैसा आचरण करता है और शठ के प्रति मानो शठ हो ऐसा वर्ताव करता है। बालकों में बालक और वृद्धों में वृद्ध तथा धैर्यशील पुरुषों में वह धैर्यशील की तरह तथा युवाओं में युवा की तरह व्यवहार करता है तथा दुःखियों के प्रति अत्यन्त दुःखी

वृत्तिवाला होता है। ऐसा पुरुष धीरबुद्धि वाला, उदित आनन्द वाला, कोमल, पवित्र, कीर्तिशाली, बुद्धिमान, प्रसन्न और माधुर्यपूर्ण होता है। उसका आशय दैन्यरहित ही होता है। जब अभ्यास के द्वारा प्राण की गति का नाश होता है, तब मन शान्ति को प्राप्त करता है और तब निर्वाण (मुक्ति) का स्थान ही अवशिष्ट रह जाता है।

यतो वाचो निवर्तन्ते विकल्पकलनान्विताः।
विकल्पसंक्षयाज्जन्तोः पदं तदवशिष्यते ॥34॥
अनाद्यन्तावभासात्मा परमात्मेह विद्यते।
इत्येतन्निश्चयं स्फारं सम्यज्ज्ञानं विदुर्बुधाः ॥35॥
यथाभूतात्मदर्शित्वमेतावद् भुवनत्रये।
यदात्मैव जगत्सर्वमिति निश्चित्य पूर्णता ॥36॥
सर्वमात्मैव कौ दृष्टौ भावाभावौ क्व वा गतौ।
क्व बन्धमोक्षकलने ब्रह्मैवेदं विजृम्भते ॥37॥

विकल्पों (भेदों) को करती हुई वाणी जहाँ से (जिस परमपद से) वापस लौट जाती है, वही पद, जब प्राणियों के विकल्प समाप्त हो जाते हैं, तब उन्हें प्राप्त हो जाता है। विकल्पों के नाश से वही परमपद शेष रह जाता है। 'आदि-अन्तरहित प्रकाशस्वरूप परमात्मा ही है, इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है'—इस प्रकार के प्रज्वलित और निश्चयात्मक ज्ञान को ही विद्वान् लोग 'सम्यक् ज्ञान' कहते हैं। 'यह सारा जगत् केवल आत्मा ही है'—ऐसा निश्चय करके पूर्णता प्राप्त करनी चाहिए। तीनों लोकों में ऐसी दृष्टि रखना ही पारमार्थिक दृष्टि है। जब यह सब आत्मा ही है तब भाव और अभाव कहाँ रहेंगे ? (उनके लिए जगह ही नहीं है) वे दोनों कहाँ हैं ? कहाँ रहते हैं (अर्थात् कहीं भी नहीं)। जब सर्वत्र ब्रह्म ही का प्रकाश फैला हुआ है, तब बन्ध और मोक्ष की गणना भी तो कहाँ और किस तरह हो सकती है ?

सर्वमेकं परं व्योम को मोक्षः कस्य बन्धता।
ब्रह्मेदं बृंहिताकारं बृहद्बृहदवस्थितम् ॥38॥
दूरादस्तमितद्वित्वं भवात्मैव त्वमात्मना।
सम्यगालोकिते रूपे काष्ठपाषाणवाससाम् ॥39॥
मनागपि न भेदोऽस्ति क्वासि संकल्पनोन्मुखः।
आदावन्ते च संशान्तस्वरूपमविनाशि यत् ॥40॥
वस्तूनामात्मनश्चैतत्तन्मयो भव सर्वदा।
द्वैताद्वैतसमुद्भेदैर्जरामरणविभ्रमैः ॥41॥

यह सब एक उत्कृष्ट आकाश ही है। तो इसमें मोक्ष कौन सा है और बन्धन भी किसको है ? विशाल आकारयुक्त यह ब्रह्म तो बड़े से भी बड़ा और सर्वत्र व्याप्त ही है। जब काष्ठ, पत्थर या वस्त्र का स्वरूप भली भाँति दिखाई देता है, तब द्वैतभाव दूर से ही विनष्ट हो जाता है। और फिर 'मैं' एकरूप आत्मा ही शेष रह जाता है। कहीं भी कुछ भी भेद नहीं है, तो फिर तुम क्यों व्यर्थ ही संकल्प-विकल्प करने में तत्पर होते हो ? जो अत्यन्त शान्त और विनाशरहित है वही आदि में और अन्त में उपस्थित रहता है। इन सभी वस्तुओं का और तुम्हारा स्वरूप भी तो वही है। तुम सर्वदा वह स्वरूपमय

ही हो जाओ। तरंगों के रूप में सागर ही दिखाई देता है। इस तरह द्वैत-अद्वैत से तथा जरा-मरण आदि से उत्पन्न भ्रान्तियों वाले सभी चित्तों में भी वास्तव में आत्मा ही प्रकाशित होता है।

स्फुरत्यात्मभिरात्मैव चित्तैरब्धीव वीचिभिः।
आपत्करञ्जपरशुं पराया निर्वृतेः पदम् ॥42॥
शुद्धमात्मानमालिङ्ग्य नित्यमन्तःस्थया धिया।
यः स्थितस्तं क आत्मेह भोगो बाधयितुं क्षमः ॥43॥
कृतस्फारविचारस्य मनोभोगादयोऽरयः।
मनागपि न भिन्दन्ति शैलं मन्दानिला इव ॥44॥
नानात्वमस्ति कलनासु न वस्तुतोऽन्त-
र्नानाविधासु सरसीव जलादिवान्यत्।
इत्येकनिश्चयमयः पुरुषो विमुक्त
इत्युच्यते समवलोकितसम्यगर्थः ॥45॥ इति।

इति द्वितीयोऽध्यायः।

पूर्वोक्त तरंगवीचिन्याय से आत्मा ही आत्माओं के द्वारा स्फुरित होता है। इसलिए आपत्तिरूपी करंज के पेड़ को काट डालने के लिए कुल्हाड़ी के समान तथा परमनिवृत्ति के स्थान रूप परमात्मा को भेंटकर जो पुरुष अपनी अंतःस्थ बुद्धि के साथ रहता है, उसे भला कौन सा और आत्मा का भोग इस लोक में बाधा पहुँचाने के लिए समर्थ है ? (अर्थात् कोई नहीं।) जैसे मन्द पवन पर्वत को हिला नहीं सकते वैसे ही इस प्रदीप्त (प्रोज्ज्वल) विचार वाले पुरुष को धन के भोग आदि रूपी शत्रु थोड़ा भी हिला नहीं सकते। अनेकता तो केवल विविध प्रकार के संकल्पों में ही रहती है। विविध तालाबों में जिस तरह पानी के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं होता, उसी तरह उन सभी के अन्दर भी आत्मा के अलावा और कुछ भी नहीं है। इस प्रकार के निश्चय में दृढ़ हुए मनुष्य को विनिर्मुक्त कहा जाता है। क्योंकि उसने परमपदार्थ रूप परमात्मा को जान लिया होता है।

यहाँ दूसरा अध्याय पूरा होता है।

❋

तृतीयोऽध्यायः

विदेहमुक्तेः किं रूपं तद्वान् को वा महामुनिः।
कं योगं समुपस्थाय प्राप्तवान् परमं पदम् ॥1॥
सुमेरोर्वसुधापीठे माण्डव्यो नाम वै मुनिः।
कौण्डिन्यात्तत्त्वमास्थाय जीवन्मुक्तो भवत्यसौ ॥2॥
जीवन्मुक्तिदशां प्राप्य कदाचिद्ब्रह्मवित्तमः।
सर्वेन्द्रियाणि संहर्तुं मनश्चक्रे महामुनिः ॥3॥
बद्धपद्मासनस्तिष्ठन्नर्धोन्मीलितलोचनः।
बाह्यानाभ्यन्तरांश्चैव स्पर्शान् परिहरञ्छनैः ॥4॥

तब निदाघ ने पूछा कि—"जीवन्मुक्ति का स्वरूप क्या है ? उस मुक्ति को प्राप्त किया हुआ महामुनि कैसा होता है ? किस योग का अवलम्बन करके वह उस परमपद को प्राप्त करता है ? तब

ऋभु ने कहा कि सुमेरु पर्वत की तलहटी में माण्डव्य नाम के एक ऋषि रहते थे। उन्होंने कौण्डिन्य मुनि के पास से तत्त्व को जाना था और जीवन्मुक्त हो गए थे। ब्रह्मवेत्ताओं में श्रेष्ठ उन महामुनि ने जीवन्मुक्त की दशा प्राप्त करने के बाद किसी समय सभी इन्द्रियों का संहार करने का विचार किया। उन्होंने पद्मासन लगाया, आँखें अधखुली रखकर वे आसन पर बैठे। और बाद में बाहर के और भीतर के सभी विषयों का त्याग करने लगे।

ततः स्वमनसः स्थैर्यं मनसा विगतैनसा।
अहो नु चञ्चलमिदं प्रत्याहृतमपि स्फुटम् ॥5॥
पटाद्घटमुपायाति घटाच्छकटमुत्कटम्।
चित्तमर्थेषु चरति पादपेष्विव मर्कटः ॥6॥
पञ्च द्वाराणि मनसा चक्षुरादीन्यमून्यलम्।
बुद्धीन्द्रियाभिधानानि तान्येवालोकयाम्यहम् ॥7॥
हन्तेन्द्रियगणा यूयं त्यजताकुलतां शनैः।
चिदात्मा भगवान् सर्वसाक्षित्वेन स्थितोऽस्म्यहम् ॥8॥

इसके बाद पापरहित हुए मन के द्वारा अपने मन की स्थिरता प्राप्त करके उन्होंने निश्चय किया कि अहो ! सही बात यह है कि यह मन ही चञ्चल है। मैंने उसे बहुत ही प्रयत्न करके स्थिर किया है फिर भी जैसे वानर एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूदता ही रहता है, वैसे वह घड़े से कपड़े और कपड़े से छकड़े की ओर कूदता ही रहता है। इसलिए मन के इन पाँच इन्द्रियरूपी द्वारों को ही मैं मन के द्वारा ठीक तौर से देख लूँ। ये द्वार ज्ञानेन्द्रिय कहलाते हैं। ऐसा सोचकर उन्होंने इन्द्रियों को सम्बोधित करके कहा—'तुम इन्द्रियों के समूह अपनी आकुलता को धीरे-धीरे छोड़ दो, क्योंकि मैं भगवान् चिदात्मा हूँ। और मैं सर्व के साक्षी-रूप में ही अवस्थित रहा हूँ'।

तेनात्मना बहुज्ञेन निर्ज्ञाताश्चक्षुरादयः।
परिनिर्वामि शान्तोऽस्मि दिष्ट्याऽस्मि विगतज्वरः ॥9॥
स्वात्मन्येवावतिष्ठेऽहं तुर्यरूपपदेऽनिशम्।
अन्तरेव शशामास्य क्रमेण प्राणसन्ततिः ॥10॥
ज्वालाजालपरिस्पन्दो दग्धेन्धन इवानलः।
उदितोऽस्तं गत इव ह्यस्तं गत इवोदितः ॥11॥
समः समरसाभासस्तिष्ठामि स्वच्छतां गतः।
प्रबुद्धोऽपि सुषुप्तिस्थः सुषुप्तिस्थः प्रबुद्धवान् ॥12॥

अब उस सर्वज्ञ आत्मा के द्वारा चक्षु आदि तुम इन्द्रियाँ मुझे दिखाई ही नहीं पड़तीं। मैंने अब चारों ओर से निर्वाण प्राप्त कर लिया है। मैं अब शान्त हो गया हूँ। और बहुत अच्छा हुआ है कि मैं सन्ताप से रहित हो गया हूँ। मैं निरन्तर अपने आत्मस्वरूप में ही अवस्थित रहा करता हूँ। यही तुरीयपद है। इस जीव की प्राणपरम्परा भी इसी में क्रमशः शान्त हो चुकी है। जैसे अग्नि प्रथम तो ज्वालाओं की ही गतिवाला होता है, परन्तु लकड़ियाँ जल जाने पर अभी उदीयमान-सा (प्रदीप्तवान्-सा) ही दिखाई देता है, ऐसी ही मेरी भी स्थिति है। स्वच्छता को प्राप्त करके मैं समान रूपवाला हो गया हूँ। और समानतारूप रस का आभास बन गया हूँ। जागता हूँ और सोता हूँ तथा सोता हूँ और जागता हूँ। (जैसे अग्नि उस अवस्था में बार-बार जलता-बुझता रहता है।)

तुर्यमालम्ब्य कायान्तस्तिष्ठामि स्तम्भितस्थितिः ।
सबाह्याभ्यन्तरान् भावान् स्थूलान् सूक्ष्मतरानपि ॥13॥
त्रैलोक्यसम्भवांस्त्यक्त्वा संकल्पैक विनिर्मितान् ।
सह प्रणवपर्यन्तदीर्घनिःस्वनतन्तुना ॥14॥
जहाविन्द्रियतन्मात्रजालं खग इवानिलः ।
ततोऽङ्गसंविदं स्वच्छां प्रतिभासमुपागताम् ॥15॥
सद्योजातशिशुज्ञानं प्राप्तवान् मुनिपुङ्गवः ।
जहौ चितञ्चैत्यदशां स्पन्दशक्तिमिवानिलः ॥16॥

'मैं इस शरीर में तुर्यपद का आश्रय करके ही रह रहा हूँ'—इस प्रकार का अनुभव कर वह मुनि निश्चल स्थिति में रहे। उन्होंने इन बाह्य और आभ्यन्तर सभी विषयों का त्याग कर दिया। ये सभी विषय तो केवल संकल्पों से ही उत्पन्न होते हैं और त्रैलोक्य में बाहर और भीतर वे संकल्पजनित ही सभी विषय हैं। और बाद में उस मुनि ने प्रणव तक के दीर्घ नादरूपी तन्तु से इन्द्रियों का तथा तन्मात्राओं के समूह का भी त्याग कर दिया था। और आकाश में बहते वायु जैसे बनकर स्वच्छ प्रतिभास को प्राप्त हुए अंगविज्ञान को भी छोड़ दिया था। बाद में वह मुनिश्रेष्ठ तुरन्त जन्मे हुए बच्चे जैसे ज्ञान को (निर्दोष और निर्दश को) प्राप्त हुए और वायु जिस तरह अपनी स्पन्दनशक्ति छोड़ देता हो, उस प्रकार उनके चित्त ने विषयाकार वृत्ति को छोड़ दिया था।

चित्सामान्यमथासाद्य सत्तामात्रात्मकं ततः ।
सुषुप्तपदमालम्ब्य तस्थौ गिरिरिवाचलः ॥17॥
सुषुप्तस्थैर्यमासाद्य तुर्यरूपमुपाययौ ।
निरानन्दोऽपि सानन्दः सच्चासच्च बभूव सः ॥18॥
ततस्तु सम्बभूवासौ यद्गिरामप्यगोचरम् ।
यच्छून्यवादिनां शून्यं ब्रह्म ब्रह्मविदां च यत् ॥19॥
विज्ञानमात्रं विज्ञानविदां यदमलात्मकम् ।
पुरुषः सांख्यदृष्टीनामीश्वरो योगवादिनाम् ॥20॥

बाद में सामान्य चैतन्यस्वरूप को (केवल चैतन्य को) प्राप्त करके और केवल सत्तास्वरूप सुषुप्ति के पद का आश्रय करके पर्वत की तरह अचल रह गए। और इस प्रकार सुषुप्ति की स्थिरता को प्राप्त करने के बाद तुरीय स्वरूप को प्राप्त हो गए। इस प्रकार वे आनन्दसहित और आनन्दरहित भी और सत् भी तथा असत् भी—दोनों अवस्थाओं को प्राप्त हुए। बाद में तो जो वाणी का भी, अविषय है, जो शून्यवादियों का शून्य है, जो ब्रह्मवेत्ताओं का ब्रह्म है और विज्ञानवेत्ताओं का जो निर्मल स्वरूप विज्ञानमात्र है, सांख्यदृष्टिवालों का जो पुरुष है, योगवादियों का जो ईश्वर है, और—

शिवः शैवागमस्थानां कालः कालैकवादिनाम् ।
यत् सर्वशास्त्रसिद्धान्तं यत् सर्वहृदयानुगम् ॥21॥
यत् सर्वं सर्वगं वस्तु यत्तत्त्वं तदसौ स्थितः ।
यदनुक्तमनिष्पन्दं दीपकं तेजसामपि ॥22॥
स्वानुभूत्यैकमानं च यत्तत्त्वं तदसौ स्थितः ।
यदेकं चाप्यनेकं च साञ्जनं च निरञ्जनम् ।

यत् सर्वं चाप्यसर्वं च यत्तत्त्वं तदसौ स्थितः ॥23॥
अजममरमनाद्यमाद्यमेकं पदममलं सकलं च निष्कलं च ।
स्थित इति स तदा नभःस्वरूपादपि विमलस्थितिरीश्वरः क्षणेन ॥24॥ इति ।
इति तृतीयोऽध्यायः ।

शैवागमियों में जो शिव है, कालैकवादी (काल को ही सर्वोत्तम मानने वालों) का जो काल है, सभी शास्त्रों का जो सिद्धान्त है, जो सभी के हृदयों में अनुगत (अनुस्यूत) है, जो सर्वस्वरूप है, जो सर्वव्यापी पदार्थ है, उसी के रूप में वे मुनि अवस्थित रहे। जिस तत्त्व को अभी तक किसी ने किसी विशेष तत्त्व के रूप में कहा ही नहीं है, और जो तत्त्व किसी भी चेष्टा से रहित है, जो तेज को भी प्रकाशित करने वाला है, जो तत्त्व केवल अनुभव से ही प्रमाणित होता है, उस तत्त्व के रूप में वे मुनि रहे। और जो तत्त्व एक भी है और अनेक भी है, जो अंजनस्वरूप भी है और निरंजन भी है, जो सर्व भी है और असर्व भी है उस तत्त्व के स्वरूप में भी वे मुनि रहे। और जो जन्मरहित है, मरणरहित है, अनादि भी है, आदि भी है, जो एकमात्र है, जो निर्मल, सर्वस्वरूप और निरवयव है, जो कला-सहित और कलारहित भी है, उसी पद में वे रहे। इस प्रकार उस समय क्षणभर में आकाश के स्वरूप से भी निर्मल स्थिति वाले होकर वे मुनि ईश्वर बन गए।

यहाँ तीसरा अध्याय पूरा हुआ।

❋

चतुर्थोऽध्यायः

जीवन्मुक्तस्य किं लक्ष्म ह्याकाशगमनादिकम् ।
तथा चेन्मुनिशार्दूल तत्र नैव प्रलक्ष्यते ॥1॥
अनात्मविदमुक्तोऽपि नभोविहरणादिकम् ।
द्रव्यमन्त्रक्रियाकालशक्त्याऽऽप्नोत्येव स द्विजः ॥2॥
नात्मज्ञस्यैष विषय आत्मज्ञो ह्यात्ममात्रदृक् ।
आत्मनाऽऽत्मनि सन्तृप्तो नाविद्यामनुधावति ॥3॥
ये ये भावाः स्थिता लोके तानविद्यामयान् विदुः ।
त्यक्ताविद्यो महायोगी कथं तेषु निमज्जति ॥4॥

तदनन्तर निदाघ ने पुनः पूछा कि—"हे मुनिश्रेष्ठ ! जीवन्मुक्त का लक्षण क्या है ? यदि उसका लक्षण आकाशगमनादि सिद्धियाँ हो, तो वह तो उसमें दीखता नहीं है।' तब ऋभु ने कहा कि—जो द्विज आत्मा को नहीं जानता हो और मुक्त भी न हुआ हो, वह भी तो द्रव्य, मंत्र, काल और क्रिया की शक्तियों से गगनविहार आदि का सामर्थ्य रख ही सकता है। आत्मा को जानने वाले का यह कोई विषय नहीं है। आत्मा को जानने वाला तो केवल आत्मा को ही देखता रहता है। वह तो अपने आत्मा से अपने ही आत्मा में संतृप्त ही रहता है। इसलिए वह आकाशगमनादि अविद्या की ओर दौड़ता ही नहीं। इस लोक के जो-जो भाव हैं, उन्हें ज्ञानी लोग अविद्यामय ही मानते हैं। इसलिए जिसने अविद्या को छोड़ दिया हो, ऐसा महायोगी उन अविद्यामय भावों में भला क्यों डूबेगा ?

यस्तु मूढोऽल्पबुद्धिर्वा सिद्धिजालानि वाञ्छति ।
स सिद्धिसाधनैर्योगैस्तानि साधयति क्रमात् ॥5॥
द्रव्यमन्त्रक्रियाकालयुक्तयः साधुसिद्धिदाः ।
परमात्मपदप्राप्तौ नोपकुर्वन्ति काश्चन ॥6॥
यस्येच्छा विद्यते काचित्स सिद्धिं साधयत्यहो ।
निरिच्छोः परिपूर्णस्य नेच्छा सम्भवति क्वचित् ॥7॥
सर्वेच्छाजालसंशान्तावात्मलाभो भवेन्मुने ।
स कथं सिद्धिजालानि नूनं वाञ्छत्यचित्तकः ॥8॥

जो मनुष्य मूढ़ और अल्पबुद्धिवाला होता है, वही केवल सिद्धियों के समूहों की इच्छा करता है, और उन सिद्धियों के साधनरूप योगों से उन्हें सिद्ध करता है। द्रव्यों, मन्त्रों, काल और क्रियाओं की युक्तियाँ उत्तम सिद्धियों को तो देने वाली हैं, परन्तु परमात्मपद की प्राप्ति के लिए तो वे किसी काम की नहीं होतीं। जिस मनुष्य को किसी भी प्रकार की इच्छा हो, वही उन आश्चर्यकारक सिद्धियों को प्राप्त करता है, परन्तु जो इच्छारहित हो गया हो, जो परिपूर्ण बन गया हो, उसकी तो किसी भी विषय में इच्छा होना संभव ही नहीं है। हे मुनि ! सभी इच्छाओं के जाल जब बिल्कुल ही शान्त (नष्ट) हो जाते हैं, तभी आत्मलाभ हो सकता है, और ऐसा आत्मलाभ होने से चित्तरहित बना हुआ ज्ञानी सिद्धियों के समूहों को भला क्यों चाहेगा ?

अपि शीतरुचावर्के सुतीक्ष्णेऽपीन्दुमण्डले ।
अप्यधः प्रसरत्यग्नौ जीवन्मुक्तो न विस्मयी ॥9॥
अधिष्ठाने परे तत्त्वे कल्पिता रज्जुसर्पवत् ।
कल्पिताश्चर्यजालेषु नाभ्युदेति कुतूहलम् ॥10॥

सूर्य कदाचित् शीतल कान्ति वाला हो जाए, चन्द्रमण्डल कदाचित् अतितीक्ष्ण (उष्ण किरणों वाला) हो जाए और अग्नि कदाचित् निम्नगामी ज्वालाओं वाला हो जाए, फिर भी जीवन्मुक्त कदापि विस्मय को प्राप्त करने वाला नहीं हो सकता। रस्सी में साँप की तरह ही सभी पदार्थ उस सर्वाश्रयभूत परमतत्त्व में कल्पित ही हैं। इसलिए कल्पित आश्चर्यों के समूह में कुतूहल हो ही नहीं सकता।

ये हि विज्ञातविज्ञेया वीतरागा महाधियः ।
विच्छिन्नग्रन्थयः सर्वे ते स्वतन्त्रास्तनौ स्थिताः ॥11॥
सुखदुःखदशाधीरं साम्यान्न प्रोद्धरन्ति यम् ।
निश्वासा इव शैलेन्द्रं चित्तं तस्य मृतं विदुः ॥12॥
आपत्कार्पण्यमुत्साहो मदो मान्द्यं महोत्सवः ।
यं नयन्ति न वैरूप्यं तस्य नष्टं मनो विदुः ॥13॥

जिन महान् बुद्धिशाली वीतराग पुरुषों ने सच्ची ज्ञेय वस्तु जान ली है, उनकी अविद्यारूपी गाँठ तो कट चुकी होती है, इसलिए वे सब तो इस शरीर में स्वतंत्र रूप से ही (देह की किसी अपेक्षा के बिना ही) निवास करते रहे हैं। जिस प्रकार श्वासोच्छ्वास की वायु पर्वतों को हिला नहीं सकती, उसी प्रकार सुख-दुःख में धैर्यशाली रहने वाले उस पुरुष को वे अवस्थाएँ साम्यभाव की अवस्था से विचलित नहीं कर सकतीं। ज्ञानी लोग उसके चित्त को मरा हुआ मानते हैं। आपत्ति समय की दीनता, उत्साह,

मद, मन्दता और बड़े-बड़े उत्सव भी जिसको विरूप या विकृत नहीं बना सकते, उसके मन को ज्ञानी लोग 'नष्ट मन' ('मरा हुआ मन') कहते हैं।

द्विविधश्चित्तनाशोऽस्ति सरूपोऽरूप एव च ।
जीवन्मुक्तौ सरूपः स्यादरूपो देहमुक्तिगः ॥14॥
चित्तसत्तेह दुःखाय चित्तनाशः सुखाय च ।
चित्तसत्तां क्षयं नीत्वा चित्तं नाशमुपानयेत् ॥15॥
मनस्तां मूढतां विद्धि यदा नश्यति साऽनघ ।
चित्तनाशाभिधानं हि तत्स्वरूपमितीरितम् ॥16॥
मैत्र्यादिभिर्गुणैर्युक्तं भवत्युत्तमवासनम् ।
भूयोजन्मविनिर्मुक्तं जीवन्मुक्तस्य तन्मनः ॥17॥

चित्त का नाश दो प्रकार का होता है। एक है सरूप और दूसरा है अरूप। उनमें से सरूपनाश जीवन्मुक्ति में होता है। और अरूपनाश विदेहमुक्ति में होता है। चित्त का अस्तित्व इस लोक में दुःखदायी है। और चित्त का नाश सुखदायी है। इसलिए चित्त का अस्तित्वपूर्वक नाश कर देना चाहिए। हे निर्दोष निदाघ ! मनस्त्व ही मूढ़ता है, ऐसा समझना चाहिए। इसलिए जब उस 'मनस्त्व' का नाश हो जाता है, तभी चित्तनाश की सही स्थिति कही गई है। जीवन्मुक्त का मन मैत्री, करुणा, आदि गुणों से युक्त तथा उत्तम वासनाओं से युक्त होता है। वह पुनर्जन्म से छूट गया होता है।

सरूपोऽसौ मनोनाशो जीवन्मुक्तस्य विद्यते ।
निदाघारूपनाशस्तु वर्ततेऽदेहमुक्तिके ॥18॥
विदेहमुक्त एवासौ विद्यते निष्कलात्मकः ।
समग्राग्र्यगुणाधारमपि सत्त्वं प्रलीयते ॥19॥
विदेहमुक्तौ विमले पदे परमपावने ।
विदेहमुक्तिविषये तस्मिन् सत्त्वक्षयात्मके ॥20॥
चित्तनाशे विरूपाख्ये न किञ्चिदिह विद्यते ।
न गुणा नागुणास्तत्र न श्रीर्नाश्रीर्न लोकता ॥21॥

हे निदाघ ! जीवन्मुक्त के मन का वह नाश उत्तमवासनासहित होने से 'सरूप' कहा जाता है। परन्तु विदेहमुक्त के मन का नाश वासनारहित होने से 'अरूप' कहलाता है। वह विदेहमुक्त अवयवरहित केवल आत्मस्वरूप ही होता है। क्योंकि विदेहमुक्ति की उस स्थिति में समग्र श्रेष्ठ गुणों का आधार अन्तःकरण ही नष्ट हो जाता है। विदेहमुक्ति तो परम पवित्र और निर्मल पद है। उसमें (सत्त्वक्षयात्मक उस अवस्था में) विरूप (अरूप) चित्तनाश जब हो जाता है, तब उसमें कुछ भी शेष नहीं रहता। वहाँ गुण भी नहीं होते और अगुण भी तो नहीं होते। लक्ष्मी भी नहीं होती और अलक्ष्मी भी नहीं होती। लोक भी वहाँ नहीं होते।

न चोदयो नास्तमयो न हर्षामर्षसंविदः ।
न तेजो न तमः किञ्चिन्न सन्ध्यादिनरात्रयः ।
न सत्ता नापि चासत्ता न च मध्यं हि तत् पदम् ॥22॥
ये हि पारं गता बुद्धेः संसाराडम्बरस्य च ।
तेषां तदास्पदं स्फारं पवनानामिवाम्बरम् ॥23॥

संशान्तदुःखमजडात्मकमेकसुप्त-
मानन्दमन्थरमपेतरजस्तमो यत् ।
आकाशकोशतनवोऽतनवो महान्त-
स्तस्मिन् पदे गलितचित्तलवा भवन्ति ॥24॥
हे निदाघ महाप्राज्ञ निर्वासनमना भव ।
बलाच्चेतः समाधाय निर्विकल्पमना भव ॥25॥

उस विदेहमुक्तावस्था में (मन के अरूपनाश की अवस्था में) न उदय होता है, न अस्त होता है। न हर्ष का भान होता है, न शोक का भान रहता है। वहाँ तेज भी नहीं होता, अन्धकार भी नहीं होता। सन्ध्या नहीं होती, दिन नहीं होता, रात्रि भी नहीं होती। सत्ता भी नहीं होती और असत्ता भी नहीं होती। वह पद किसी के बीच में नहीं होता। जो लोग बुद्धि से और संसार के आडम्बरों से परे पहुँच चुके हों (बुद्धि और सांसारिक प्रपंच का जिन्होंने अतिक्रमण कर दिया हो), उन्हीं लोगों का यह प्रदीप्त स्थान है, जैसे कि पवनों का स्थान आकाश होता है। इस अवस्था में दु:खों का आत्यन्तिक शमन होता है। जड़ता का वह स्वरूप ही नहीं है, उसमें केवल सुषुप्ति ही होती है। वह आनन्द से व्याप्त है, रजोगुण और तमोगुण उससे दूर हट गए होते हैं। ऐसे विदेहमुक्त लोग आकाश के कोश जैसा सूक्ष्मातिसूक्ष्म शरीर के साथ होकर भी उससे रहित होकर रहते हैं, उनके चित्त का एक अंश भी अवशिष्ट नहीं रहा होता, ऐसे महापुरुष ही उस पद में अपनी स्थिति करते हैं। हे निदाघ ! तुम भी वैसे ही वासनारहित हो जाओ और बलपूर्वक चित्त को एकाग्र करके विकल्परहित मनवाले हो जाओ।

यज्जगद्भासकं भानं नित्यं भाति स्वतः स्फुरत् ।
स एव जगतः साक्षी सर्वात्मा विमलाकृतिः ॥26॥
प्रतिष्ठा सर्वभूतानां प्रज्ञानघनलक्षणः ।
तद्विद्याविषयं ब्रह्म सत्यज्ञानसुखाद्वयम् ॥27॥
एकं ब्रह्माहमस्मीति कृतकृत्यो भवेन्मुनिः ॥28॥
सर्वाधिष्ठानमद्वन्द्वं परं ब्रह्म सनातनम् ।
सच्चिदानन्दरूपं तदवाङ्मनसगोचरम् ॥29॥

जगत् का प्रकाशक और स्वयंस्फुरित जो अविनाशी है, उसका भान तो सदैव हुआ ही करता है। वह भानस्वरूप जो है, वही जगत् का साक्षी है और विशुद्ध चैतन्यरूप सर्वात्मा है। वह सभी प्राणियों और भूतों का अधिष्ठान (आधार) और अवलम्बन है। सघन ज्ञानस्वरूपता ही उसका लक्षण है। वह ब्रह्म है और वही विद्या का (जानने का) विषय है (अर्थात् वही ज्ञान और वही ज्ञेय है।) वही सत्य (सत्), ज्ञान (चित्) और सुख (आनन्द) स्वरूप है। 'मैं ब्रह्म ही हूँ'—ऐसा अनुभव करने वाला मुनि कृतकृत्य हो जाता है। अद्वैत ब्रह्म तो सनातन और सर्वाधिष्ठान है। वह सच्चिदानन्दस्वरूप है और वह वाणी और मन का विषय नहीं हो सकता।

न तत्र चन्द्रार्कवपुः प्रकाशते न वान्ति वाताः सकला देवताश्च ।
स एष देवः कृतभावभूतः स्वयं विशुद्धो विरजः प्रकाशते ॥30॥
भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥31॥
द्वौ सुपर्णौ शरीरेऽस्मिन् जीवेशाख्यौ सह स्थितौ ।
तयोर्जीवः फलं भुङ्क्ते कर्मणो न महेश्वरः ॥32॥

केवलं साक्षिरूपेण विना भोगो महेश्वरः ।
प्रकाशते स्वयं भेदः कल्पितो मायया तयोः ।
चिच्चिदाकारतो भिन्ना न भिन्ना चित्त्वहानितः ॥33॥

उसमें सूर्य अथवा चन्द्र का शरीर प्रकाशित नहीं होता। उसमें वायु नहीं बहते। यही देव सकल देवताओं का स्वरूप है। प्रत्येक पदार्थ तथा प्रत्येक भूत उसी ने बनाया है। फिर भी वह स्वयं अत्यन्त शुद्ध और रजोगुण से रहित होकर प्रकाशित हो रहा है। जब उस परात्पर परमात्मा के दर्शन हो जाते हैं तब हृदय की गाँठ टूट जाती है, सभी संदेह कट जाते हैं, और सभी कर्मों का क्षय हो जाता है। इस शरीर में जीव और ईश्वररूपी दो पक्षी एक ही साथ निवास कर रहे हैं। उनमें से जीव कर्मों का फल भोगता है और ईश्वर कर्म के फल नहीं भोगता। वह महेश्वर भोगरहित रहकर केवल साक्षीरूप से प्रकाशित हो रहा है। माया के कारण से ही उन जीव-ईश, दोनों में भेद कल्पित किया गया है। चैतन्य या ज्ञान के आधार पर वे दोनों अलग नहीं हैं। केवल माया के ही कारण से ज्ञान की (चित्त्व की) हानि हो जाने से ही उन दोनों में भेद दिखाई दे रहा है।

तर्कतश्च प्रमाणाच्च चिदेकत्वव्यवस्थितेः ।
चिदेकत्वपरिज्ञाने न शोचति न मुह्यति ॥34॥
अधिष्ठानं समस्तस्य जगतः सत्यचिद्घनम् ।
अहमस्मीति निश्चित्य वीतशोको भवेन्मुनिः ॥35॥
स्वशरीरे स्वयंज्योतिःस्वरूपं सर्वसाक्षिणम् ।
क्षीणदोषाः प्रपश्यन्ति नेतरे मायया ऽऽवृत्ताः ॥36॥

तर्क और श्रुति के प्रमाण से जब चैतन्यरूप में सबकी एकता सिद्ध हो जाती है और उस चैतन्यरूप की पूर्णता का जब ज्ञान हो जाता है, तब ज्ञानी शोक नहीं करता और तब उसे मोह भी उत्पन्न नहीं होता। 'समग्र जगत् का अधिष्ठान और सत्यस्वरूप चैतन्य मैं ही हूँ'—ऐसा निश्चय हो जाने के बाद वह मुनि शोकरहित हो जाता है। जिनके रागादि दोष नष्ट हो गए हों, ऐसे वे लोग अपने शरीर में स्वयंज्योतिस्वरूप सर्व के साक्षी को देखते हैं, परन्तु माया से ढँके हुए लोग उसको देख नहीं सकते।

तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायाद्बहून् शब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत् ॥37॥
बाल्येनैव हि तिष्ठासेन्निर्विद्य ब्रह्मवेदनम् ।
ब्रह्मविद्यां च बाल्यं च निर्विद्य मुनिरात्मवान् ॥38॥

धैर्यशील ब्राह्मण उस आत्मतत्त्व को जानकर ही प्रज्ञा अर्थात् विशिष्ट ज्ञान को प्राप्त करता है। वह अनेक शब्दों का विचार किया नहीं करता। क्योंकि वह तो केवल वाणी को थकाने वाला ही विलास है। ब्रह्म-ज्ञान का अनुभव करके शैशव में (बालसहज स्वभाव में) ही रहना योग्य है, क्योंकि ब्रह्मविद्या और शिशुसहजता का अनुभव करके ही मुनि आत्मवेत्ता बन जाते हैं।

अन्तर्लीनसमारम्भः शुभाशुभमहाङ्कुरम् ।
संसृतिव्रततेर्बीजं शरीरं विद्धि भौतिकम् ॥39॥
भावाभावदशाकोशं दुःखरत्नसमुद्गकम् ।
बीजमस्य शरीरस्य चित्तमाशावशानुगम् ॥40॥

द्वे बीजे चित्तवृक्षस्य वृत्तिव्रततिधारिणः ।
एकं प्राणपरिस्पन्दो द्वितीयो दृढभावना ॥41॥
यदा प्रस्पन्दते प्राणो नाडीसंस्पर्शनोद्यतः ।
तदा संवेदनमयं चित्तमाशु प्रजायते ॥42॥

इस भौतिक शरीर में ही सब कार्यकलाप कूट-कूट कर भरा है, शुभ-अशुभ सबका बड़ा अंकुर भी यही है और संसाररूपी वल्ली का बीज भी यह भौतिक शरीर ही है, ऐसा तुम जानो। इस भौतिक शरीर का बीज चित्त है क्योंकि वही भाव और अभाव की दशाओं का कोश है। दु:खरूपी रत्नों का वह उद्गम स्थान है। और आशा (तृष्णा) के वशीभूत लोगों का ही वह अनुसरण करता है। इस चित्तरूप वृक्ष के दो बीज हैं—एक है प्राणों की चेष्टा और दूसरा है दृढ़ भावना। जिस समय प्राणवायु नाड़ियों का स्पर्श करने के लिए तत्पर होकर चेष्टा करता है, तब उसी समय संवेदनात्मक चित्त शीघ्र ही उत्पन्न हो जाता है।

सा हि सर्वगता संवित् प्राणस्पन्देन बोध्यते ।
संवित्संरोधनं श्रेयः प्राणादिस्पन्दनं वरम् ॥43॥
योगिनश्चित्तशान्त्यर्थं कुर्वन्ति प्राणरोधनम् ।
प्राणायामैस्तथा ध्यानैः प्रयोगैर्युक्तिकल्पितैः ॥44॥
चित्तोपशान्तिफलदं परमं विद्धि कारणम् ।
सुखदं संविदः स्वास्थ्यं प्राणसंरोधनं विदुः ॥45॥
दृढभावनया त्यक्तपूर्वापरविचारणम् ।
यदादानं पदार्थस्य वासना सा प्रकीर्तिता ॥46॥

यह संवेदन तो सभी में रहता है, प्राण की चेष्टा उसे जगाती है। इसलिए प्राणादि की चेष्टा न होना ही अच्छी बात है, ऐसा तुम्हें समझना चाहिए। योगी लोग चित्त की शान्ति के लिए प्राणावरोधन करते हैं। वे प्राणायामों से, ध्यान से तथा अन्य कल्पित युक्तियों से कल्पित प्रयत्नों द्वारा प्राणों को रोकने का प्रयत्न करते हैं। इसलिए प्राणचेष्टा को रोकना ही चित्तशान्ति को रोकने वाला श्रेष्ठ उपाय है, ऐसा तुम्हें समझना चाहिए। और योगी लोग भी उसी को संवेदन का सुखदायी कारण जानते हैं। आगे-पीछे का और कोई भी विचार छोड़कर ही किसी पदार्थ को दृढ़ भावना से पकड़े रहने का नाम ही वासना है। (विचार किए बिना वस्तु पर आसक्ति ही वासना है।)

यदा न भाव्यते किञ्चिद्धेयोपादेयरूपि यत् ।
स्थीयते सकलं त्यक्त्वा तदा चित्तं न जायते ॥47॥
अवासनत्वात्सततं यदा न मनुते मनः ।
अमनस्ता तदोदेति परमोपशमप्रदा ॥48॥
यदा न भाव्यते भावः क्वचिज्जगति वस्तुनि ।
तदा हृदम्बरे शून्ये कथं चित्तं प्रजायते ॥49॥
यदभावनमास्थाय यदभावस्य भावनम् ।
यद्यथावस्तुदर्शित्वं तदचित्तत्वमुच्यते ॥50॥

त्याज्य और ग्राह्य—दोनों का कुछ भी विचार किए बिना ही जब सब कुछ छोड़ ही दिया जाता है, तब उस स्थिति में चित्त उत्पन्न ही नहीं होता। वासनारहित होने से चित्त जब विचार करना बन्द ही

कर देता है, तब 'मनोराहित्य' उत्पन्न होता है। (निर्मनस्कता = अमनस्कता उत्पन्न होती है) और वही परम उपशम देने वाला होता है। जगत् की किसी भी वस्तु के प्रति यदि भावना ही उत्पन्न न हो, तो फिर हृदय के शून्य आकाश में चित्त उत्पन्न ही कैसे हो सकता है ? (अर्थात् उत्पन्न हो ही नहीं सकता।) तो इस त्याज्य भावना का आश्रय करके पदार्थों के अभाव की ही कल्पना करनी चाहिए और जो वस्तु जिस स्वरूप में वास्तव में हो उस पारमार्थिक स्वरूप में उसे देखना ही 'अचित्तत्व' (चित्तराहित्य) कहा जाता है।

सर्वमन्तः परित्यज्य शीतलाशयवर्ति यत् ।
वृत्तिस्थमपि तच्चित्तमसद्रूपमुदाहृतम् ॥51॥
भ्रष्टबीजोपमा येषां पुनर्जननवर्जिता ।
वासनारसनाहीना जीवन्मुक्ता हि ते स्मृताः ॥52॥
सत्त्वरूपपरिप्राप्तचित्तास्ते ज्ञानपारगाः ।
अचित्ता इति कथ्यन्ते देहान्ते व्योमरूपिणः ॥53॥
संवेद्यसंपरित्यागात् प्राणस्पन्दनवासने ।
समूलं नश्यतः क्षिप्रं मूलच्छेदादिव द्रुमः ॥54॥

जो चित्त अंतस् से सब कुछ छोड़ देता है और शीतल आशय (शान्त वृत्ति) वाला होता है और बाहर भले ही वृत्तियों के व्यापार में दिखाई देता है, फिर भी वह चित्त 'असत्' रूप ही है। जिनकी वासनाएँ भुने हुए बीज के समान पुन: अंकुरणक्षमता से शून्य हो गई हों, जिनसे पुनर्जन्म हो ही नहीं सकता, ऐसी रसनारहित वासनावाले ही जीवन्मुक्त कहे जाते हैं। ऐसे लोगों ने अपने चित्त में परमसत्त्व की (परमात्मा की) प्राप्ति कर ली होती है, वे लोग ज्ञान के पार तक पहुँचे हुए हैं, उन्हीं को 'अचित्त' (चित्तरहित) कहा जाता है। देह के गिर जाने के बाद वे आकाशरूप (ब्रह्मरूप) हो जाते हैं। संवेद्य पदार्थ का परित्याग होने से प्राणों का स्पन्दन और वासना—दोनों का मूलसहित नाश हो जाता है, जैसे वृक्ष का समूल उच्छेद हो जाता है।

पूर्वदृष्टमदृष्टं वा यदस्याः प्रतिभासते ।
संविदस्तत् प्रयत्नेन मार्जनीयं विजानता ॥55॥
तदमार्जनमात्रं हि महासंसारतां गतम् ।
तत्प्रमार्जनमात्रं तु मोक्ष इत्यभिधीयते ॥56॥
अजडोऽगलितानन्दस्त्यक्तसंवेदनो भव ॥57॥
संविद्वस्तुदशालम्बः सा यस्येह न विद्यते ।
सोऽसंविदजडः प्रोक्त. कुर्वन् कार्यशतान्यपि ॥58॥

ज्ञानी मनुष्य को चाहिए कि वह पहले देखा हुआ और न देखा हुआ तो कुछ इस संविद् में प्रतिभासित होता है, उस सबको प्रयत्नपूर्वक छोड़ दें। उसको नहीं छोड़ना ही तो बड़े संसार के रूप में खड़ा हो गया है। और केवल उसको हटाया जाना ही मोक्ष कहलाता है। तुम अजड़ (चैतन्यरूप) और अक्षीण आनन्दवाले तथा सभी संवेदनों को छोड़ने वाले ही बन जाओ। जिस मनुष्य में संविद् नहीं है, संविद् की दशा का आलम्बन भी नहीं है, वह मनुष्य असंविद् और अजड़ (चैतन्यरूप) कहा जाता है। भले ही वह सैकड़ों कार्य करता रहता है।

संवेद्येन हृदाकाशे मनगपि न लिप्यते ।
यस्यासावजडा संविज्जीवन्मुक्तः स कथ्यते ॥59॥

यदा न भाव्यते किञ्चिन्निर्वासनतयाऽऽत्मनि ।
बालमूकादिविज्ञानमिव च स्थीयते स्थिरम् ॥60॥
तदा जाड्यविनिर्मुक्तमसंवेदनमाततम् ।
आश्रितं भवति प्राज्ञो यस्माद्भूयो न लिप्यते ॥61॥
समस्ता वासनास्त्यक्त्वा निर्विकल्पसमाधितः ।
तन्मयत्वादनाद्यन्ते तदप्यन्तर्विलीयते ॥62॥

जिस मनुष्य के हृदयाकाश में संवेद्य पदार्थों के द्वारा कुछ भी लेप नहीं किया जा सकता, उसी की संविद् अजड़ (चैतन्यरूप) कही जाती है और वह जीवन्मुक्त कहा जाता है। आत्मा के वासनारहित हो जाने पर जब कुछ भी भावित (अनुभूत) नहीं होता और बालक या गूँगे की तरह ही जब स्थिर ही रहा जाता है तभी जड़ता से मुक्त (चैतन्यमय) असंवेदन का विस्तार होता है। ऐसे चैतन्यमय असंवेदन का आश्रय करने वाला प्राज्ञपुरुष फिर से उसमें लिप्त नहीं होता। समस्त वासनाओं का त्याग करके निर्विकल्प समाधि के द्वारा उसमें तल्लीन हो जाने से वह भी अनादि और अनन्त तत्त्व में विलीन हो जाता है। (वह अजड़ असंवेदन का चैतन्य में लीन हो जाता है।)

तिष्ठन् गच्छन् स्पृशन् जिघ्रन्नपि तल्लेपवर्जितः ।
अजडो गलितानन्दस्त्यक्तसंवेदनः सुखी ॥63॥
एतां दृष्टिमवष्टभ्य कष्टचेष्टायुतोऽपि सन् ।
तरेद्दुःखाम्बुधेः पारमपारगुणसागरः ॥64॥
विशेषं सम्परित्यज्य सन्मात्रं यदलेपकम् ।
एकरूपं महारूपं सत्तायास्तत्पदं विदुः ॥65॥
कालसत्ता कलासत्ता वस्तुसत्तेयमित्यपि ।
विभागकलनां त्यक्त्वा सन्मात्रैकपरो भव ॥66॥

खड़ा रहता, चलता, स्पर्श करता, सूँघता—कुछ भी करता हुआ वह ऐसे संवेदनों से लिप्त होता ही नहीं। वह अजड़ (चैतन्यमय) है, विषयसंवेदनों का उसका आनन्द निर्गलित हो गया होता है। उसकी सभी संवेदनाएँ छूट जाती हैं और वह सुखी हो जाता है। इस दृष्टि का आश्रय करके वह अपार गुणों का सागर बन जाता है। फिर उस पर हजारों कष्ट भी आ पड़ें, तो भी वह उस दुःखरूपी सागर को अवश्य ही पार कर जाता है। विशेष का त्याग करके सामान्य सत्तामात्र का (एकरूपता का) निर्लेपभाव का, सत्स्वरूप का जो पद है उसे ही सत्ता का महारूप कहा जाता है। कालसत्ता, कलासत्ता और वस्तुसत्ता—इन तीनों विभागीय सापेक्ष ज्ञान का त्याग करके तुम केवल एक सत्तारूप ही हो जाओ।

सत्तासामान्यमेवैकं भावयन् केवलं विभुः ।
परिपूर्णः परानन्दी तिष्ठापूरितदिग्भरः ॥67॥
सत्तासामान्यपर्यन्ते यत्तत् कलनयोज्झितम् ।
पदमाद्यमनाद्यन्तं तस्य बीजं न विद्यते ॥68॥
तत्र संलीयते संवित्रिर्विकल्पं च तिष्ठति ।
भूयो न वर्तते दुःखे तत्र लब्धपदः पुमान् ॥69॥
तद्धेतुः सर्वभूतानां तस्य हेतुर्न विद्यते ।
स सारः सर्वसाराणां तस्मात् सारो न विद्यते ॥70॥

केवल एक ही सत्तासामान्य का निश्चय करते हुए तुम व्यापक, परिपूर्ण और परमानन्दरूप होकर इन दिशाओं को अपने रूप से ही भर दो। इस सत्तासामान्य के अन्त में जो कुछ भी अविभाज्य अविज्ञेय-सा है, वह आद्यपद है और जिसका अनुभव किया जाता है, उसका कोई आदि भी नहीं है, अन्त भी नहीं है और उसका कोई बीज नहीं है। सभी ज्ञान उसमें पूर्णतया लय हो जाते हैं। उस पद में स्थान प्राप्त करके पुरुष निर्विकल्प हो जाता है और फिर से दुःख में वह नहीं आता। वह परमपद सर्वभूतों का कारण है, परन्तु उसका अपना कोई भी कारण नहीं है। वह सारतत्त्वों का भी सार है। उससे श्रेष्ठ कोई सार है ही नहीं।

तस्मिंश्चिद्दर्पणे स्फारे समस्ता वस्तुदृष्टयः ।
इमास्ताः प्रतिबिम्बन्ति सरसीव तटद्रुमाः ॥71॥
तदमलमरजं तदात्मतत्त्वं तदवगतावुपशान्तिमेति चेतः ।
अवगतविगतैकतत्स्वरूपो भवभयमुक्तपदोऽसि सम्यगेव ॥72॥
एतेषां दुःखबीजानां प्रोक्तं यद्यन्मयोत्तरम् ।
तस्य तस्य प्रयोगेण शीघ्रं तत् प्राप्यते पदम् ॥73॥
सत्तासामान्यकोटिस्थे द्रागित्येव पदे यदि ।
पौरुषेण प्रयत्नेन बलात् सन्त्यज्य वासनाम् ॥74॥
स्थितिं बध्नासि तत्त्वज्ञ क्षणमप्यक्षयात्मिकाम् ।
क्षणेऽस्मिन्नेव तत् साधु पदमासादयस्यलम् ॥75॥

जैसे सरोवर के तीर पर स्थित वृक्ष सरोवर में प्रतिबिम्बित होते हैं, वैसे ही उस दर्पण जैसे स्वच्छ चमकते हुए चैतन्य में ये सभी वस्तुएँ प्रतिबिम्बित होती हैं। वह आत्मतत्त्व रजोविहीन और निर्मल है। उसका ज्ञान हो जाने पर चित्त शान्ति प्राप्त करता है। उसका स्वरूप जानकर तुम भी संसार के भय से अच्छी प्रकार विनिर्मुक्त हो चुके हो। इन दुःखबीजों को दूर करने के जो-जो उपाय मैंने तुमसे कहे हैं, उनका तथाकथित प्रयोग करने से उस-उस प्रकार का फल मिलता है। बड़े पुरुषार्थ एवं प्रयत्न से वासनाओं का त्याग करके सामान्य सत्ता से परे जो अवस्थित है, उस पद में यदि तुम क्षणभर भी 'असूया' स्थिति को प्राप्त करोगे, तो हे तत्त्वज्ञ निदाघ! तुम उसी क्षण उस परमतत्त्व को संपूर्णतया प्राप्त कर लोगे।

सत्तासामान्यरूपे वा करोषि स्थितिमादरात् ।
तत्किञ्चिदधिकेनेह यत्नेनाप्नोषि तत् पदम् ॥76॥
संवित्तत्त्वे कृतध्यानो निदाघ यदि तिष्ठसि ।
तद्यत्नेनाधिकेनोच्चैरासादयसि तत् पदम् ॥77॥
वासनासम्परित्यागे यदि यत्नं करोषि भोः ।
यावद्विलीनं न मनो न तावद्वासनाक्षयः ॥78॥
न क्षीणा वासना यावच्चित्तं तावन्न शाम्यति ।
यावन्न तत्त्वविज्ञानं तावच्चित्तशमः कुतः ॥79॥

अथवा सत्ता के सामान्य रूप में भी तुम आदरपूर्वक अपनी स्थिति करोगे, तब भी थोड़ा-ज्यादा प्रयत्न करने पर तुम उस (परात्पर तत्त्व) को प्राप्त कर सकोगे। हे निदाघ! यदि तुम संवित् तत्त्व में

ही ध्यानपरायण रहोगे तो भी अधिक प्रयत्न करने से उस परम पद को प्राप्त कर सकोगे। हे निदाघ ! यदि तुम वासनाओं के परित्याग में प्रयत्न करोगे तो भी जहाँ तक मन विलीन नहीं होगा, वहाँ तक तो वासनाओं का क्षय होगा ही नहीं और जहाँ तक वासनाएँ क्षीण नहीं हो जातीं, तब तक चित्त शान्त नहीं होता। और जब तक तत्त्वज्ञान न हो, तब तक तो चित्त का शमन भी कैसे होगा ?

यावन्न चित्तोपशमो न तावत्तत्त्ववेदनम्।
यावन्न वासनानाशस्तावत्तत्त्वागमः कुतः ॥80॥
यावन्न तत्त्वसंप्राप्तिर्न तावद्वासनाक्षयः।
तत्त्वज्ञानं मनोनाशो वासनाक्षय एव च ॥81॥
मिथः कारणतां गत्वा दुःसाधानि स्थितान्यतः।
भोगेच्छां दूरतस्त्यक्त्वा त्रयमेतत् समाचर ॥82॥
वासनाक्षयविज्ञानमनोनाशा महामते।
समकालं चिराभ्यस्ता भवन्ति फलदा मताः ॥83॥

जहाँ तक वासनाओं का नाश नहीं हो जाता, वहाँ तक तत्त्वज्ञान की जानकारी कैसे मिलेगी ? जहाँ तक तत्त्वज्ञान की प्राप्ति नहीं होगी, वहाँ तक वासनाओं का क्षय भी तो नहीं होगा। इस प्रकार तत्त्वज्ञान, मनोनाश और वासनाक्षय—ये तीनों के कारण परस्पराश्रित हैं, इसलिए ये तीनों दुःसाध्य रहे हैं। अतः पहले भोग की इच्छा को ही दूर फेंककर बाद में इन तीनों का साथ में ही आचरण करना चाहिए। हे बुद्धिशाली निदाघ ! वासनाक्षय, मनोनाश और विज्ञान—इन तीनों का एक साथ ही लम्बे समय तक अभ्यास करते रहने पर वे फलदायक होते हैं, ऐसा माना जाता है।

त्रिभिरेभिः समभ्यस्तैर्हृदयग्रन्थयो दृढाः।
निःशेषमेव त्रुट्यन्ति बिसच्छेदाद्गुणा इव ॥84॥
वासनासम्परित्यागसमं प्राणनिरोधनम्।
विदुस्तत्त्वविदस्तस्मात्तदप्येवं समाहरेत् ॥85॥
वासनासम्परित्यागाच्चित्तं गच्छत्यचित्तताम्।
प्राणस्पन्दनिरोधाच्च यथेच्छसि तथा कुरु ॥86॥
प्राणायामदृढाभ्यासैर्युक्त्या च गुरुदत्तया।
आसनाशनयोगेन प्राणस्पन्दो निरुध्यते ॥87॥

इन तीनों का एक साथ अच्छी तरह से अभ्यास किए जाने पर हृदय की गाँठें चाहे कितनी भी दृढ़ क्यों न हों, सभी टूट ही जाती हैं, जैसे पुष्प के बिसतन्तु के छेदन से सभी और तन्तु टूट ही जाते हैं। तत्त्वज्ञानी लोग वासनाक्षय जैसा (वासना के परित्याग जैसा) उत्तम प्राणनिरोध का साधन बताते हैं, इसलिए उसका भी अभ्यास करते ही रहना चाहिए। वासनाओं का भली भाँति त्याग कर देने से चित्त, 'अचित्तता' को प्राप्त हो जाता है। और फिर प्राण के स्पन्दन का निरोध हो जाने के बाद तुम जो चाहो वह कर सकते हो।

निःसङ्गव्यवहारत्वाद्भवभावनवर्जनात्।
शरीरनाशदर्शित्वाद्वासना न प्रवर्तते ॥88॥
यः प्राणपवनस्पन्दश्चित्तस्पन्दः स एव हि।
प्राणस्पन्दजये यत्नः कर्तव्यो धीमतोच्चकैः ॥89॥

न शक्यते मनो जेतुं विना युक्तिमनिन्दिताम्।
शुद्धां संविदमाश्रित्य वीतरागः स्थिरो भव ॥90॥

व्यवहार के निःसंग हो जाने से, संसार की भावना का त्याग हो जाने से और शरीर की भी विनाशशीलता का दर्शन हो जाने से वासना उत्पन्न नहीं होती। जो प्राणवायु का स्पन्दन है, वही चित्त का भी स्पन्दन है। इसलिए बुद्धिमान मनुष्य को बहुत बल लगाकर प्राणों के स्पन्दन के ऊपर विजय प्राप्त कर लेनी चाहिए। अनिन्दित (दोषरहित) युक्ति के बिना मन जीता नहीं जा सकता। इसलिए शुद्ध संवित् का आश्रय लेकर तुम स्थिर हो जाओ।

संवेद्यवर्जितमनुत्तममाद्यमेकं
संवित्पदं विकलनं कलयन् महात्मन्।
ह्यद्येव तिष्ठ कलनारहितः क्रियां तु
कुर्वन्नकर्तृपदमेत्य शमोदितश्रीः ॥91॥
मनागपि विच्चरेण चेतसः स्वस्य निग्रहः।
पुरुषेण कृतो येन तेनाप्तं जन्मनः फलम् ॥92॥

इति चतुर्थोऽध्यायः।

हे महात्मा ! विषयों से रहित, सर्वोत्तम, आद्य और एकमात्र पद का, किसी भी संकल्प के बिना तुम अपने हृदय में ध्यान करते ही रहो। और सभी संकल्पों से रहित होकर ही सभी क्रियाएँ करते रहो, जिससे कर्तृरहित पद स्वयं आकर तुममें उपशम की शोभा बढ़ा देगा। जिस पुरुष ने अपने चित्त को विचारपूर्वक थोड़ा सा भी वश में किया है, उसने इस जन्म का फल प्राप्त कर लिया है, ऐसा मानना चाहिए।

यहाँ चौथा अध्याय पूरा हुआ।

❋

पञ्चमोऽध्यायः

गच्छतस्तिष्ठतो वाऽपि जाग्रतः स्वपतोऽपि वा।
न विचारपरं चेतो यस्यासौ मृत उच्यते ॥1॥
सम्यग्ज्ञानसमालोकः पुमान् ज्ञेयः समः स्वयम्।
न बिभेति न चादत्ते वैवश्यं न च दीनताम् ॥2॥
अपवित्रमपथ्यं च विषसंसर्गदूषितम्।
भुक्तं जरयति ज्ञानी क्लिन्नं नष्टं च मृष्टवत् ॥3॥
सङ्गत्यागं विदुर्मोक्षं सङ्गत्यागादजन्मता।
सङ्गं त्यज त्वं भावानां जीवन्मुक्तो भवानघ ॥4॥

चलते हुए, खड़े रहते हुए, जागते हुए या सोते भी जिसका चित्त विचार में तत्पर नहीं रहता, वही मरा हुआ माना जाता है। और उत्तम ज्ञानरूप, प्रकाशयुक्त पुरुष स्वयं ही ज्ञेयरूप बन जाता है। फिर वह डरता नहीं है। वह पराधीन भी नहीं होता और दैन्य को भी प्राप्त नहीं होता। ज्ञानी पुरुष तो अपवित्र, अपथ्य, जहर के संसर्ग से दूषित, उच्छिष्ट और बिगड़े हुए अन्न को भी मिष्टान्न मानकर पचा

डालता है। हे निर्दोष निदाघ ! संग के त्याग को ही मोक्ष कहा जाता है और संग का त्याग करने से ही जन्मरहित दशा प्राप्त की जा सकती है। इसलिए तुम सब पदार्थों का (भावों का) संग छोड़कर जीवन्मुक्त ही हो जाओ।

भावाभावे पदार्थानां हर्षामर्षविकारदा।
मलिना वासना यैषा सा सङ्ग इति कथ्यते ॥5॥
जीवन्मुक्तशरीराणामपुनर्जन्मकारिणी।
मुक्ता हर्षविषादाभ्यां शुद्धा भवति वासना ॥6॥
दुःखैर्न ग्लानिमायासि हृदि हृष्यसि नो सुखैः।
आशावैवश्यमुत्सृज्य निदाघासङ्गतां व्रज ॥7॥
दिक्कालाद्यनवच्छिन्नमदृष्टोभयकोटिकम्।
चिन्मात्रमक्षयं शान्तमेकं ब्रह्मास्मि नेतरत् ॥8॥

किसी पदार्थ के होने पर हर्ष और नहीं होने पर शोक, इस प्रकार विचार करने वाली वह मलिन वासना जो है, वही संग कही जाती है। जिनके शरीर जीवन्मुक्त हुए होते हैं, उनकी शुद्ध वासना पुनर्जन्म को नहीं देने वाली तथा हर्ष और खेद से रहित होती है। हे निदाघ ! तुम दुःखों से ग्लानि को प्राप्त न हो और सुखों से हृदय में हर्ष भी प्राप्त न करो। इस प्रकार से आशाओं के अधीनत्व को छोड़कर असंगता को प्राप्त कर लो। जो चैतन्य दिशाओं और काल से नापा नहीं जा सकता, जिसका न ओर है न छोर है—दोनों अन्त जिसके किसी ने देखे नहीं हैं, वह केवल चैतन्यमात्र एक शान्त ब्रह्म ही मैं हूँ और कुछ मैं हूँ ही नहीं।

इति मत्वाऽहमित्यन्तर्मुक्तामुक्तवपुः पुमान्।
एकरूपः प्रशान्तात्मा मौनी स्वात्मसुखो भव ॥9॥
नास्ति चित्तं न चाविद्या न मनो न च जीवकः।
ब्रह्मैवैकमनाद्यन्तमब्धिवत् प्रविजृम्भते ॥10॥

'मैं ब्रह्म हूँ' ऐसा अंतस् में मानकर अपनी दृष्टि से मुक्त और अन्यों की दृष्टि से अमुक्त शरीर वाले तुम बन जाओ। तुम अपने अंतस् में तो एकरूप प्रशान्तात्मा, मौनी और अपने आत्मा में ही सुख प्राप्त करने वाले हो जाओ। चित्त है ही नहीं, अविद्या है ही नहीं, मन भी नहीं है, जीव भी नहीं है, केवल अनादि अनन्त ब्रह्म ही सर्वत्र सागर की तरह उछल रहा है।

देहे यावदहंभावो दृश्येऽस्मिन् यावदात्मता।
यावन्ममेदमित्यास्था तावच्चित्तादिविभ्रमः ॥11॥
अन्तर्मुखतया सर्वं चिद्वह्नौ त्रिजगत्तृणम्।
जुह्वतोऽन्तर्निवर्तन्ते मुने चित्तादिविभ्रमाः ॥12॥
चिदात्माऽस्मि निरंशोऽस्मि परापरविवर्जितः।
रूपं स्मरन्निजं स्फारं मा स्मृत्या सम्मितो भव ॥13॥

देह में जहाँ तक अहंकार की भावना रहती है, और जहाँ तक इस दृश्य जगत् में आत्मता की भावना रहती है, जहाँ तक 'यह मेरा है'—इस बात में आस्था रहती है, वहीं तक चित्त आदि का विभ्रम भी रहता है। परन्तु, अन्तर्मुख होकर इन तीनों जगतों का सब कुछ चैतन्यरूपी अग्नि में एक तिनके

की ही तरह होम कर देने वाले मुनि के लिए तो यह चित्त आदि का भ्रम भीतर में ही वापस चला जाता है। "मैं चिदात्मा हूँ, अंशरहित हूँ, पर-अपर के भेद से रहित हूँ" इस प्रकार तुम अपने निजी स्वरूप का स्मरण किया करो। और इस प्रकार व्यापक स्मरण करके शान्त हो जाओ।

अध्यात्मशास्त्रमन्त्रेण तृष्णाविषविषूचिका।
क्षीयते भावितेनान्तः शरदा मिहिका यथा ॥14॥
परिज्ञाय परित्यागो वासनानां य उत्तमः।
सत्तासामान्यरूपत्वात्तत् कैवल्यपदं विदुः ॥15॥
यत्रास्ति वासना लीना तत् सुषुप्तं न सिद्धये।
निर्बीजा वासना यत्र तत्तुर्यं सिद्धिदं स्मृतम् ॥16॥
वासनायास्तथा वह्नेर्ऋणव्याधिद्विषामपि।
स्नेहवैरविषाणां च शेषः स्वल्पोऽपि बाधते ॥17॥

अध्यात्मशास्त्र के मनन से (अन्तःकरण में चिन्तन करने से) तृष्णारूपी जहरीली विषूचिका उसी प्रकार क्षीण हो जाती है, जिस प्रकार शरद् ऋतु के आने से बादल बिखर जाते हैं। वासनाओं का त्याग ही उत्तम त्याग है, ऐसा जानकर ही कैवल्यपद को महात्मा लोग जानते हैं क्योंकि, यह सब सामान्य सत्तारूप ही है। (अर्थात् सामान्य सत्तात्मक होने से किसी विशेषता का अस्तित्व ही नहीं है।) जिस सुषुप्ति में वासना लीन हो गई है किन्तु बीजरूप में अभी विद्यमान ही है, ऐसी सुषुप्ति किसी भी प्रकार की सिद्धि देने वाली नहीं होती। परन्तु, जहाँ वासना निर्बीज ही हो चुकी हो वह तुर्यावस्था ही सिद्धिदायक है। वासना, अग्नि, ऋण, रोग, द्वेष, स्नेह, वैर, विष का स्वल्पांश भी बाकी रह गया हो तो वह पीड़ाकारक होता है।

निर्दग्धवासनाबीजः सत्तासामान्यरूपवान्।
सदेहो वा विदेहो वा न भूयो दुःखभाग्भवेत् ॥18॥
एतावदेवाविद्यात्वं नेदं ब्रह्मेति निश्चयः।
एष एव क्षयस्तस्या ब्रह्मेदमिति निश्चयः ॥19॥
ब्रह्म चिद्ब्रह्म भुवनं ब्रह्म भूतपरम्परा।
ब्रह्माहं ब्रह्म चिच्छत्रुर्ब्रह्म चिन्मित्रबान्धवाः ॥20॥
ब्रह्मैव सर्वमित्येव भाविते ब्रह्म वै पुमान्।
सर्वत्रावस्थितं शान्तं चिद्ब्रह्मेत्यनुभूयते ॥21॥

जिस मनुष्य का वासनाबीज जल गया हो और जो सत्तासामान्य का ही स्वरूप स्वयं हो गया हो, वह चाहे देह में स्थित हो या देह से रहित हो गया हो, किसी भी स्थिति में वह पुनः जन्ममरणादि रूप दुःखों को भोगने वाला नहीं होता। 'यह ब्रह्म नहीं है'—ऐसा निश्चयपूर्वक मानना ही अविद्या का परिमाण (कद) है। और 'यह सब ब्रह्ममय ही है'—ऐसा निश्चय ही अविद्या का क्षय है। 'यह चित् ही वह ब्रह्म है, यह भुवन भी ब्रह्म है, यह प्राणियों की परंपरा भी ब्रह्म है, मैं भी ब्रह्म हूँ, शत्रु में रही हुई चिति भी ब्रह्म है, चैतन्यरूप मित्र और सगे-सम्बन्धी भी सभी ब्रह्म हैं, यह सब-कुछ ब्रह्म है'—ऐसी भावना करने वाला मनुष्य ब्रह्म ही बन जाता है। और चैतन्यरूप शान्त ब्रह्म तो सर्वत्र व्याप्त ही है, ऐसा वह अनुभव करता है।

असंस्कृताध्वगालोके मनस्यन्यत्र संस्थिते ।
या प्रतीतिरनागस्का तच्चिद्ब्रह्मास्मि सर्वगम् ॥122॥
प्रशान्तसर्वसङ्कल्पं विगताखिलकौतुकम् ।
विगताशेषसंरम्भं चिदात्मानं समाश्रय ॥123॥
एवं पूर्णधियो धीराः समा नीरागचेतसः ।
न नन्दन्ति न निन्दन्ति जीवितं मरणं तथा ॥124॥
प्राणोऽयमनिशं ब्रह्मन् स्पन्दशक्तिः सदागतिः ।
सबाह्याभ्यन्तरे देहे प्राणोऽसावूर्ध्वगः स्थितः ॥125॥

असंस्कारी पथिक जैसे ज्ञान वाला यह मन जब अन्यत्र (बाह्येन्द्रियरहित स्वरूप में) रहा हो और उस समय जो निर्दोष प्रतीति (अनुभव) होती है, वही सर्वव्यापक चैतन्यस्वरूप ब्रह्म मैं हूँ। जिसमें सभी संकल्प पूर्णतया शान्त हो गये होते हैं, सभी प्रकार के कौतुक जिसमें से चले गए हों, सभी प्रकार के आडम्बर और आवेश भी जिसमें से दूर हो गए हों, उस चैतन्यमय आत्मा का ही तुम आश्रय कर लो। इस प्रकार जो पूर्ण बुद्धिशाली है, जो धैर्यशील है, जो समभावी हैं, रागरहित मनवाले हैं, वे जीवन की प्रशंसा नहीं करते (जीवन को नहीं चाहते) और मरण की निन्दा भी नहीं करते। हे ब्राह्मण ! यह प्राण तो सतत गतिशील और सदा चेष्टारूप शक्तिवाला है। और बाहर-भीतर, सभी जगह देह में वह ऊर्ध्वगति करने वाला ही सर्वदा अवस्थित रहता है।

अपानोऽप्यनिशं ब्रह्मन् स्पन्दशक्तिः सदागतिः ।
सबाह्याभ्यन्तरे देहे अपानोऽयमवाक् स्थितः ॥126॥
जाग्रतः स्वपतश्चैव प्राणायामो य उत्तमः ।
प्रवर्तते ह्यभिज्ञस्य तत्तावच्छ्रेयसे शृणु ॥127॥
द्वादशाङ्गुलपर्यन्तं बाह्यमाक्रमतां ततः ।
प्राणानामङ्गसंस्पर्शो यः स पूरक उच्यते ॥128॥
अपानश्चन्द्रमा देहमाप्याययति सुव्रत ।
प्राणः सूर्योऽग्निरथ वा पचत्यन्तरिदं वपुः ॥129॥

हे ब्राह्मण ! अपानवायु भी निरन्तर चेष्टायुक्त शक्तिवाला तथा सतत गतिशील ही है। देह के बाहर के और भीतर के भाग में यह अपान नीची गति करने वाला होता है। विवेकी जनों का सोते और जागते समय में प्राणायाम चालू ही रहता है। पहले तुम अपने कल्याण के लिए उस प्राणायाम को सुनो। बारह अंगुल तक के बाहर के प्रदेश में जाकर बाद में जो प्राणवायु भीतर खींचा जाता है, वह 'पूरक' नाम से कहा जाता है। हे उत्तमव्रती ! अपान चन्द्र का रूप है, वह शरीर को पुष्ट करता है। और जो प्राण है वह सूर्य है ? अथवा अग्नि है, वह शरीर के भीतर रहकर पाचन क्रिया करता है।

प्राणक्षयसमीपस्थमपानोदयकोटि गम् ।
अपानप्राणयोरैक्यं चिदात्मानं समाश्रय ॥130॥
अपानोऽस्तङ्गतो यत्र प्राणो नाभ्युदितः क्षणम् ।
कलाकलङ्करहितं तच्चित्तत्त्वं समाश्रय ॥131॥
नापानोऽस्तङ्गतो यत्र प्राणश्चास्तमुपागतः ।
नासाग्रगमनावर्तं तच्चित्तत्त्वमुपाश्रय ॥132॥

प्राणवायु के नाश के समीप में और अपानवायु के उदय के अन्तिम छोर पर रही हुई अपान और प्राण की जो एकता है, वही चिदात्मा है, तुम उसी का आश्रय करके रहो। जहाँ पर अपान का अस्त तो हो गया है, पर प्राण अभी क्षणभर के लिए उदित नहीं हुआ है, वही निष्कल और निष्कलंक चैतन्य है। तुम उसी तत्त्व का आश्रय करके रहो। जिसमें अपान का अस्त नहीं हो गया है और प्राण का ही अस्त हो गया है उस स्थिति में चैतन्य नाक की नोक पर घूमता रहता है। उस चित् तत्त्व का तुम आश्रय कर लो।

आभासमात्रमेवेदं न सन्नासज्जगत्त्रयम् ।
इत्यन्यकलनात्यागं सम्यग्ज्ञानं विदुर्बुधाः ॥133॥
आभासमात्रकं ब्रह्मन् चित्तादर्शकलङ्कितम् ।
ततस्तदपि सन्त्यज्य निराभासो भवोत्तम ॥134॥
भयप्रदमकल्याणं धैर्यसर्वस्वहारिणम् ।
मनःपिशाचमुत्सार्य योऽसि सोऽसि स्थिरो भव ॥135॥
चिद्व्योमेव किलास्तीह परापरविवर्जितम् ।
सर्वत्रासम्भवच्चैत्यं यत् कल्पान्तेऽवशिष्यते ॥136॥

'ये तीनों जगत् सत्य भी नहीं हैं और असत्य भी नहीं है, वे केवल आभासमात्र ही हैं'—इस प्रकार जो भेदज्ञान का त्याग है, उसे ही ज्ञानी लोग सम्यग् ज्ञान कहते हैं। यह सब आभास ही है। चित्त के दर्पण में कलंक-सा लगा है। ऐसे आभास का त्याग करके तुम आभासरहित हो जाओ। यह मनरूपी पिशाच भय उत्पन्न करने वाला है, अकल्याणकारी है, हमारे सभी प्रकार के धैर्य का नाश कर देने वाला है, इसको उखाड़कर फेंक दो और फिर तो तुम निजी रूप में जो हो वही होकर स्थिर हो जाओ। यहाँ केवल चिदाकाश ही रहा हुआ है। इसमें पर-अपर के कोई भेद कहीं नहीं होते। कई कल्पनाओं के बाद भी चिदाकाश ही केवल शेष रहता है।

वाञ्छाक्षणे तु या तुष्टिस्तत्र वाञ्छैव कारणम् ।
तुष्टिस्त्वतुष्टिपर्यन्ता तस्माद्वाञ्छां परित्यज ॥137॥
आशा यातु निराशात्वमभावं यातु भावना ।
अमनस्त्वं मनो यातु तवासङ्गेन जीवतः ॥138॥
वासनारहितैरन्तरिन्द्रियैराहरन् क्रियाः ।
न विकारमवाप्नोषि खवत् क्षोभशतैरपि ॥139॥
चित्तोन्मेषनिमेषाभ्यां संसारप्रलयोदयौ ।
वासनाप्राणसंरोधादनुन्मेषं मनः कुरु ॥140॥

किसी इच्छा की पूर्ति के समय जो सन्तोष होता है, उसका कारण वह इच्छा ही होती है और वह सन्तोष भी आने वाले असन्तोष तक का ही होता है। इसलिए तुम इच्छा का ही त्याग कर दो। जब तुम संगरहित होकर ही जीओगे, तब तुम आशाओं से मुक्त (आशारहित) हो जाओगे। अपने सभी भावों से रहित अभावरूप हो जाओगे और तुम्हारा मन मनोराहित्य को प्राप्त हो जाएगा। तुम्हारे भीतर वासनाशून्य की स्थिति बन जाएगी। फिर इन्द्रियों के द्वारा तुम भले कितनी ही क्रियाएँ करो, तब भी सैंकड़ों क्षोभकारक विषयों से भी तुम आकाश की तरह विकाररहित ही रहोगे। चित्त के ही जन्ममरण से संसार का उदय-अस्त होता है। इसलिए वासनाओं और प्राणों को रोककर तुम अपने मन को जन्मरहित ही कर दो।

प्राणोन्मेषनिमेषाभ्यां संसृतेः प्रलयोदयौ ।
तमभ्यासप्रयोगाभ्यामुन्मेषरहितं कुरु ॥41॥
मौर्ख्योन्मेषनिमेषाभ्यां कर्मणां प्रलयोदयौ ।
तद्विलीनं कुरु बलाद्गुरुशास्त्रार्थसङ्गमैः ॥42॥
असंवित्स्पन्दमात्रेण याति चित्तमचित्तताम् ।
प्राणानां वा निरोधेन तदेव परमं पदम् ॥43॥
दृश्यदर्शनसम्बन्धे यत् सुखं पारमार्थिकम् ।
तदन्तैकान्तसंवित्त्या ब्रह्मदृष्ट्याऽवलोकय ॥44॥

इसी प्रकार प्राण के उदय तथा अस्त से ही संसार का उदय और प्रलय होता है, इसलिए अभ्यास और प्रयोग से पहले प्राण को ही तुम उदयरहित बना दो। और मूर्खता के उदय और अस्त के साथ ही क्रमशः कर्मों का उदय तथा अस्त होता है इसलिए गुरु तथा शास्त्रों के अर्थों के माध्यम से (उनके समागम के द्वारा) तुम उस मूर्खता का बलपूर्वक नाश कर दो। विषयों का अनुभवराहित्य ही चारों ओर स्फुरित हो रहा है। सर्वत्र संवदेनशून्यता ही स्फुरित होती है, चित्त अचित्तता को प्राप्त हो जाता है। वह, अथवा जो प्राणों के निरोध से प्राप्त होता है वही परमपद है। दृश्यदर्शन के सम्बन्ध से जो सुख होता है, उसे एकान्त (केवल) संवित् के द्वारा ही ब्रह्मदृष्टि से पारमार्थिक रूप में देखो।

यत्र नाभ्युदितं चित्तं तद्वै सुखमकृत्रिमम् ।
क्षयातिशयनिर्मुक्तं नोदेति न च शाम्यति ॥45॥
यस्य चित्तं न चित्ताख्यं चित्तं चित्तत्त्वमेव हि ।
तदेव तुर्यावस्थायां तुर्यातीतं भवत्यतः ॥46॥
संन्यस्तसर्वसङ्कल्पः समः शान्तमना मुनिः ।
संन्यासयोगयुक्तात्मा ज्ञानवान् मोक्षवान् भव ॥47॥
सर्वसङ्कल्पसंशान्तं प्रशान्तघनवासनम् ।
न किञ्चिद्भावनाकारं यत्तद्ब्रह्म परं विदुः ॥48॥

जिसमें चित्त का उदय ही न हुआ हो, वही सच्चा सुख है और वह पारमार्थिक तत्त्व नाश से पूर्णतया रहित है। इसलिए न उसका उदय होता है, और न उसका नाश ही होता है। चित्त, 'चित्त' नाम से नहीं रहता। पर 'चित्त', 'चैतन्यस्वरूप' हो जाता है। इसी कारण से तुर्यावस्था में वह तुर्यातीत बन जाता है। इसलिए तुम सर्वसंकल्पों को छोड़कर सर्वत्र समभावयुक्त और प्रशान्त चित्तयुक्त मुनि बन जाओ। इस प्रकार के संन्यास योग से पूर्ण अन्तःकरण वाले होकर तुम ज्ञानवान और मोक्षवान हो जाओ। जिसके सभी संकल्प शान्त (नष्ट) हो गये हैं, गाढ़ वासनाएँ भी शान्त हो चुकी हैं, और जो किसी भी भावना के आकारवाला नहीं होता, उसे ही ज्ञानी लोग परब्रह्म कहते हैं।

सम्यग्ज्ञानावरोधेन नित्यमेकसमाधिना ।
सांख्य एवावबुद्धा ये ते सांख्या योगिनः परे ॥49॥
प्राणाद्यनिलसंशान्तौ युक्त्या ये पदमागताः ।
अनामयमनाद्यन्तं ते स्मृता योगयोगिनः ॥50॥
उपादेयं तु सर्वेषां शान्तं पदमकृत्रिमम् ।
एकार्थाभ्यसनं प्राणरोधश्चेतःपरिक्षयः ॥51॥

एकस्मिन्नेव संसिद्धे संसिद्ध्यन्ति परस्परम् ।
अविनाभाविनी नित्यं जन्तूनां प्राणचेतसी ॥52॥

जो लोग सम्यग् ज्ञान पर बल देते हुए नित्य एक ही प्रकार के मन के समाधान द्वारा बोध प्राप्त किए हुए होते हैं, वे 'सांख्य' कहे जाते हैं। और जो शेष (इसके अतिरिक्त) हैं, वे 'योगी' कहे जाते हैं। प्राण आदि वायुओं की ठीक तरह से शान्ति होने के बाद जो लोग युक्तियों के द्वारा उस आदि-अन्तरहित पद को प्राप्त होते हैं, उन्हें (उस निर्दोष पद को प्राप्त करने वालों को) 'योगयोगी' के नाम से कहा जाता है। इन सभी प्रकार के लोगों का प्राप्य पद तो शान्तपद ही होता है और उनके अभ्यास का लक्ष्य भी तो एक ही होता है, परन्तु एक वर्ग प्राणों का निरोध करता है, और दूसरा वर्ग चित्त का नाश करता है। इन दोनों में से एक की सिद्धि भी यदि अच्छी तरह से हो तो परस्पर दोनों सिद्ध हो जाते हैं क्योंकि प्राणियों में प्राण और चित्त, दोनों एक-दूसरे के बिना रह ही नहीं सकते।

आधाराधेयवच्चैते एकभावे विनश्यतः ।
कुरुतः स्वविनाशेन कार्यं मोक्षाख्यमुत्तमम् ॥53॥
सर्वमेतद्धिया त्यक्त्वा यदि तिष्ठसि निश्चलः ।
तदाऽहंकारविलये त्वमेव परमं पदम् ॥54॥
महाचिदेकैवेहास्ति महासत्तेति योच्यते ।
निष्कलङ्का समा शुद्धा निरहङ्काररूपिणी ॥55॥
सकृद्विभाता विमला नित्योदयवती समा ।
सा ब्रह्म परमात्मेति नामभिः परिगीयते ॥56॥

ये दोनों ही परस्पर आधार-आधेय जैसे ही हैं। दोनों में से एक का भी अभाव होने पर दूसरा नष्ट हो ही जाता है। अर्थात् दोनों नष्ट हो जाते हैं। और दोनों अपना नाश करके मोक्ष नाम का उत्तम कार्य सिद्ध पर देते हैं। इसलिए यदि तुम इस सर्वजगत् का बुद्धि से त्याग करके निश्चल रहोगे, तो अहंकार का नाश हो जाने पर तुम स्वयं ही परमपद स्वरूप हो जाओगे। इस सृष्टि में महान् चैतन्य तो एक ही है, उसे 'महासत्ता' कहा जाता है। वह निष्कलंक है, सर्वत्र समरस है, शुद्ध है और अहंकारशून्य स्वरूप वाला है। वह एक ही बार शाश्वतरूप से (अनादिरूप से) प्रकाशित है, वह निर्मल है, वह सदोदित है, वह समरस है, वह ब्रह्म ऐसे-ऐसे अनेक नामों से कहा जाता है।

सैवाहमिति ानेश्चित्य निदाघ कृतकृत्यवान् ।
न भूतं न भविष्यच्च चिन्तयामि कदाचन ॥57॥
दृष्टिमालम्ब्य तिष्ठामि वर्तमानामिहात्मना ।
इदमद्य मया लब्धमिमं प्राप्स्यामि सुन्दरम् ॥58॥
न स्तौमि न च निन्दामि आत्मनोऽन्यन्नहि क्वचित् ।
न तुष्यामि शुभप्राप्तौ न खिद्याम्यशुभागमे ॥59॥
प्रशान्तचापलं वीतशोकमस्तसमीहितम् ।
मनो मम मुने शान्तं तेन जीवाम्यनामयः ॥60॥

हे निदाघ! 'वह चैतन्य मैं ही हूँ'—ऐसा निश्चय करके मैं कृतकृत्य हो गया हूँ। मैं इसलिए भूतकाल और भविष्यकाल का विचार ही नहीं करता। मैं केवल वर्तमान की ही दृष्टि का अवलम्बन

करके आत्मस्वरूप में ही अवस्थित हो रहा हूँ। 'आज मैंने यह पाया है, कल मैं उस सुन्दर वस्तु को पाऊँगा'—ऐसा विचार मैं नहीं करता। मैं कभी किसी की स्तुति नहीं करता और किसी की निन्दा भी नहीं करता क्योंकि आत्मा से अलग कहीं भी कुछ भी है ही नहीं। इसी कारण से किसी शुभ की प्राप्ति होने पर संतुष्ट नहीं होता और किसी अशुभ की प्राप्ति होने पर खेद भी नहीं करता। हे मुनि ! मेरा मन शान्त हो चुका है। उसकी चपलता पूर्णतया प्रशान्त हो चुकी है। मेरा शोक दूर हो गया है और इच्छाओं का अस्त हो गया है। इसलिए मैं निर्दोष जीवन जी रहा हूँ।

अयं बन्धुः परश्चायं ममायमयमन्यकः।
इति ब्रह्मन् न जानामि संस्पर्शं न ददाम्यहम् ॥61॥
वासनामात्रसंत्यागाज्जरामरणवर्जितम्।
सवासनं मनोऽज्ञानं ज्ञेयं निर्वासनं मनः ॥62॥
चित्ते त्यक्ते लयं याति द्वैतमेतच्च सर्वतः।
शिष्यते परमं शान्तमेकमच्छमनामयम् ॥63॥
अनन्तमजमव्यक्तमजरं शान्तमच्युतम्।
अद्वितीयमनाद्यन्तं यदाद्यमुपलम्भनम् ॥64॥
एकमाद्यन्तरहितं चिन्मात्रममलं ततम्।
खादप्यतितरां सूक्ष्मं तद्ब्रह्मास्मि न संशयः ॥65॥

हे ब्राह्मण ! 'यह भाई (स्वजन) है, वह पराया है, यह मेरा है, यह अलग है'—ऐसा तो मैं जानता ही नहीं और इस प्रकार की भावना को मैं अपने भीतर घुसने ही नहीं देता। सभी वासनाओं का त्याग करने से जरामरणरहित पद की प्राप्ति होती है। वासनाओं से युक्त मन ही अज्ञान है और वासनारहित मन ही एकमात्र ज्ञेय तत्त्व है। चित्त का त्याग करने से यह सब चारों ओर का द्वैत नष्ट हो जाता है, और परम, शान्त, एक, अद्वैत, निर्मल और निर्दोष तत्त्व ही शेष रह जाता है। जो अनन्त, अजन्मा, अव्यक्त, जरारहित, शान्त, अस्खलित, अद्वितीय, अनादि, अनन्त, और आद्य उपलम्भ है, जो केवल चैतन्यरूप, निर्मल, व्यापक, आकाश से भी अधिक सूक्ष्म है, वही ब्रह्म मैं हूँ, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

दिक्कालाद्यनवच्छिन्नं स्वच्छं नित्योदितं ततम्।
सर्वार्थमयमेकार्थं चिन्मात्रममलं भव ॥66॥
सर्वमेकमिदं शान्तमादिमध्यान्तवर्जितम्।
भावाभावमजं सर्वमिति मत्वा सुखी भव ॥67॥
न बद्धोऽस्मि न मुक्तोऽस्मि ब्रह्मैवास्मि निरामयम्।
द्वैतभावविमुक्तोऽस्मि सच्चिदानन्दलक्षणः।
एवं भावय यत्नेन जीवन्मुक्तो भविष्यसि ॥68॥
सदार्थवृन्दे देहादिधिया संत्यज्य दूरतः।
आशीतलान्तःकरणो नित्यमात्मपरो भव ॥69॥

इसलिए दिशा और काल आदि से जो नापा नहीं जा सकता, जो स्वच्छ, नित्य और सदोदित है, जो व्यापक, सर्वपदार्थमय और एक अर्थरूप ही है ऐसे निर्मल चिन्मात्ररूप तुम हो जाओ। यह सब

एक तत्त्व ही है कि जो शान्त, आदि-मध्य-अन्तरहित है, और जो भाव और अभाव—दोनों का स्वरूप है, यह जो जन्मरहित है, ऐसे तुम होकर सुखी बन रहो। 'मैं बद्ध भी नहीं हूँ, मुक्त भी नहीं हूँ, मैं तो केवल निर्दोष ब्रह्म ही हूँ, मैं द्वैतभाव से रहित हूँ, मैं सच्चिदानन्दस्वरूप वाला हूँ'—इस प्रकार की मन में तुम प्रयत्नपूर्वक भावना करो, इससे तुम जीवन्मुक्त हो जाओगे। इस पदार्थसमूह में देहादि बुद्धि का दूर से ही त्याग करके अनन्त शीतल अन्तःकरण वाले बनकर सर्वदा आत्मा में ही परायण (तत्पर) बने रहो।

इदं रम्यमिदं नेति बीजं ते दुःखसन्ततेः।
तस्मिन् साम्याग्निना दग्धे दुःखस्यावसरः कुतः ॥70॥
शास्त्रसज्जनसम्पर्कैः प्रज्ञामादौ विवर्धयेत् ॥71॥
ऋतं सत्यं परं ब्रह्म सर्वसंसारभेषजम्।
अत्यर्थममलं नित्यमादिमध्यान्तवर्जितम् ॥72॥
तथाऽस्थूलमनाकाशमसंस्पृश्यमचाक्षुषम्।
न रसं न च गन्धाख्यमप्रमेयमनूपमम् ॥73॥
आत्मानं सच्चिदानन्दमनन्तं ब्रह्म सुव्रत।
अहमस्मीत्यभिध्यायेद्ध्येयातीतं विमुक्तये ॥74॥

'यह अच्छा है और यह अच्छा नहीं है'—ऐसा मानना ही दुःखों की परंपरा का बीज है। इसलिए समभावरूप अग्नि से यदि वह बीज ही जल जाए, तो फिर दुःख का अवसर ही कहाँ है ? हे उत्तमव्रती ! पहले तो शास्त्रों और सज्जनों के संग से प्रज्ञा का संवर्धन करना चाहिए। और बाद में अपने आत्मा को ही सत्य, ब्रह्मरूप, सर्वसंसार का औषध, अतिशय निर्मल, नित्य, आदि-मध्य-अन्तरहित, अस्थूल, आकाशरहित, स्पर्श का अविषय, चक्षु का अविषय, रसहीन, गन्धहीन, प्रमाणों का अविषय, उपमारहित और अनन्त है—ऐसा मानकर अपने आपका ही 'मैं ब्रह्म हूँ'—इस प्रकार चिन्तन करते रहना चाहिए। जिससे ध्येयातीत होकर मुक्ति का अधिकारी बना जा सकता है।

समाधिः संविदुत्पत्तिः परजीवैकतां प्रति।
नित्यः सर्वगतो ह्यात्मा कूटस्थो दोषवर्जितः ॥75॥
एकः सन् भिद्यते भ्रान्त्या मायया न स्वरूपतः।
तस्मादद्वैत एवास्ति न प्रपञ्चो न संसृतिः ॥76॥
यथाऽऽकाशो घटाकाशो महाकाश इतीरितः।
तथा भ्रान्तेर्द्विधा प्रोक्तो ह्यात्मा जीवेश्वरात्मना ॥77॥
यदा मनसि चैतन्यं भाति सर्वत्रगं सदा।
योगिनोऽव्यवधानेन तदा सम्पद्यते स्वयम् ॥78॥

जीवात्मा और परमात्मा की एकता विषयक ज्ञान की उत्पत्ति को ही समाधि कहा जाता है। क्योंकि एक ही आत्मा नित्य, सर्वगत, कूटस्थ और निष्कलंक है। वह एक ही माया की भ्रान्ति के कारण भिन्न-भिन्न प्रकार का हो गया है। पारमार्थिक रूप से तो वह भिन्न है ही नहीं। अतः आत्मा तो अद्वैत स्वरूप ही है। यह प्रपंचरूप (संसाररूप) नहीं है। जैसे आकाश एक ही है, फिर भी उपाधि के भेद से

'घटाकाश' 'महाकाश' ऐसा कहा जाता है, ठीक उसी प्रकार एक ही आत्मा भ्रान्ति के रूप से ही 'जीवात्मा' 'परमात्मा'—इस प्रकार कहा जाता है। जब योगी के मन में एक ही चैतन्य सर्वव्यापी और सदा अस्खलित रूप से प्रकाशित होता है, तब वह स्वयं ही चैतन्यस्वरूप बन जाता है।

यदा सर्वाणि भूतानि स्वात्मन्येव हि पश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥79॥
यदा सर्वाणि भूतानि समाधिस्थो न पश्यति।
एकीभूतः परेणासौ तदा भवति केवलः ॥80॥
शास्त्रसज्जनसम्पर्कवैराग्याभ्यासरूपिणी।
प्रथमा भूमिकैषोक्ता मुमुक्षुत्वप्रदायिनी ॥81॥
विचारणा द्वितीया स्यात् तृतीया साङ्गभावना।
विलायिनी चतुर्थी स्याद्वासनाविलयात्मिका ॥82॥

जब वह योगी सभी प्राणियों को अपने आत्मा में ही देखता है और अपने आत्मा को सभी प्राणियों में देखता है, तब वह ब्रह्मस्वरूप ही हो जाता है। समाधि में स्थित वह योगी जब सभी प्राणियों को नहीं देखता और स्वयं परमतत्त्व के साथ एकीभूत हो जाता है, तब वह केवल चैतन्यरूप बन जाता है। शास्त्रों और सज्जनों के संग के द्वारा उत्पन्न वैराग्य के अभ्यासरूप मुमुक्षुत्व को उत्पन्न करने वाली यह प्रथम भूमिका होती है। दूसरी भूमिका विचारणा की होती है और तीसरी भूमिका का नाम 'सांग-भावना' है। चौथी भूमिका को 'विलायिनी' कहा जाता है। यह भूमिका 'वासनाओं का विलय' स्वरूप होती है।

शुद्धसंविन्मयाऽऽनन्दरूपा भवति पञ्चमी।
अर्धसुप्तप्रबुद्धाभो जीवन्मुक्तोऽत्र तिष्ठति ॥83॥
असंवेदनरूपा च षष्ठी भवति भूमिका।
आनन्दैकघनाकारा सुषुप्तसदृशी स्थितिः ॥84॥
तुर्यावस्थोपशान्ता सा मुक्तिरेव हि केवला।
समता स्वच्छता सौम्या सप्तमी भूमिका भवेत् ॥85॥
तुर्यातीता तु याऽऽवस्था परा निर्वाणरूपिणी।
सप्तमी सा परा प्रौढा विषयो नैव जीवताम् ॥86॥

पाँचवीं भूमिका शुद्ध ज्ञानमय और आनंदमय होती है। इस अवस्था में जीवन्मुक्त आधा जागा हुआ और आधा सोया हुआ रहता है। छठी भूमिका असंवेदनरूप होती है। वह सघन (समरस), एकमात्र आनन्दरूप और सुषुप्तावस्था जैसी (तुर्य) स्थिति होती है। और सातवीं भूमिका तुर्यातीत की है, वह बिल्कुल ही शान्त होती है, केवल मुक्तिरूप ही होती है, उसमें समता, निर्मलता, सौम्यरूप होता है। और उससे भी आगे उसी अवस्था की निर्वाण स्वरूप जो तुर्यातीत अवस्था है, वह (ऊपरी स्तर की) सातवीं भूमिका है, वह तो परम प्रौढ़ अवस्था है, वह जीते जी प्राप्त करने का विषय नहीं है। (तुर्य जीवन्मुक्त को प्राप्य और तुर्यातीत विदेहमुक्त को प्राप्य है।)

पूर्वावस्थात्रयं तत्र जाग्रदित्येव संस्थितम्।
चतुर्थी स्वप्न इत्युक्ता स्वप्नाभं यत्र वै जगत् ॥87॥

आनन्दैकघनाकारा सुषुप्ताख्या तु पञ्चमी।
असंवेदनरूपा तु षष्ठी तुर्यपदाभिधा ॥88॥
तुर्यातीतपदावस्था सप्तमी भूमिकोत्तमा।
मनोवचोभिरग्राह्या स्वप्रकाशसदात्मिका ॥89॥
अन्तः प्रत्याहृतिवशाच्चैत्यं चेन्न विभावितम्।
मुक्त एव न संदेहो महासमतया तया ॥90॥

इन सातों में पहली तीन अवस्थाएँ जाग्रत् अवस्था से युक्त ही रहती हैं। चौथी अवस्था को स्वप्नावस्था कहा गया है, क्योंकि उसमें जगत् स्वप्न जैसा दीखता है। परन्तु पाँचवीं अवस्था तो सुषुप्तावस्था ही कही जाती है क्योंकि उसमें तो केवल आनन्दमय आकार ही होता है। और छठी भूमिका असंवेदनरूप होती है, वह तुर्यपदा नाम से कही गई है। सातवीं भूमिका तुर्यातीत अवस्था वाली है वह सर्वोत्तम है, मन और वाणी से उसका ग्रहण नहीं किया जा सकता। क्योंकि वह स्वयंप्रकाश आत्मस्वरूप ही होती है। यदि इन्द्रियों को अन्तःकरण में खींच लिया गया हो और उसके कारण यदि कोई भी विषय दिखाई न पड़ा रहा हो, तो ऐसी महान् समता के कारण मनुष्य मुक्त ही हो जाता है, इसमें कोई संदेह नहीं।

न म्रिये न च जीवामि नाहं सन्नाप्यसन्मयः।
अहं न किञ्चिच्चिदिति मत्वा धीरो न शोचति ॥91॥
अलेपकोऽहमजरो नीरागः शान्तवासनः।
निरंशोऽस्मि चिदाकाशमिति मत्वा न शोचति ॥92॥
अहंमत्या विरहितः शुद्धो बुद्धोऽजरोऽमरः।
शान्तः शमसमाभास इति मत्वा न शोचति ॥93॥
तृणाग्रेष्वम्बरे भानौ नरनागामरेषु च।
यत्तिष्ठति तदेवाहमिति मत्वा न शोचति ॥94॥

'मैं मरता भी नहीं, जीता भी नहीं, मैं सत् भी नहीं हूँ और असत् भी नहीं हूँ, मैं कुछ और भी नहीं, केवल चैतन्य ही हूँ'—ऐसा मानकर धीर पुरुष शोक नहीं करता। 'मैं निर्लेप हूँ, जरामरणरहित हूँ, रागरहित हूँ, मेरी वासनाएँ शान्त हो गई हैं, मैं निरंश और चिदाकाशमय हूँ'—ऐसा मानकर ज्ञानी मनुष्य शोक नहीं करता। ''मैं अहंबुद्धि से रहित हूँ, मैं शुद्ध, बुद्ध, अजर, शान्त हूँ, मैं शम का स्वरूप हूँ, शम का तेजरूप ही हूँ''—ऐसा मानकर ज्ञानी शोक नहीं करता। किसी तिनके की नोक पर, आकाश में, सूर्य में, मनुष्यों में, हाथियों में और देवों में जो तत्त्व है, वह मैं ही हूँ, ऐसा मानकर ज्ञानी कभी शोक नहीं करता है।

भावनां सर्वभावेभ्यः समुत्सृज्य समुत्थितः।
अवशिष्टं परं ब्रह्म केवलोऽस्मीति भावय ॥95॥
वाचामतीतविषयो विषयाशादशोज्झितः।
परानन्दरसाक्षुब्धो रमते स्वात्मनाऽऽत्मनि ॥96॥
सर्वकर्मपरित्यागी नित्यतृप्तो निराश्रयः।
न पुण्येन च पापेन नेतरेण च लिप्यते ॥97॥

स्फटिकः प्रतिबिम्बेन यथा नायाति रञ्जनम् ।
तज्ज्ञः कर्मफलेनान्तस्तथा नायाति रञ्जनम् ॥98॥

सभी पदार्थों पर भावना का त्याग करके तुम खड़े हो जाओ। और 'सबका त्याग करने के बाद जो शेष रहा है, वही परब्रह्म मै हूँ'—ऐसी भावना करो। वह धीर योगी वाणी का विषय नहीं होता, वह विषयों की आशाओं की दशा से दूर हुआ होता है, वह परानन्द का रसरूप है, वह अक्षुब्ध भाव से अपने आत्मा में आत्मा के द्वारा ही रमण करता रहता है। सभी कर्मों का परित्याग करने वाला वह हमेशा ही परितुष्ट रहता है, वह अनिकेत होता है, वह पुण्य से, पाप से या अन्य किसी से भी लिप्त नहीं होता। जैसे स्फटिकमणि अपने में प्रतिबिम्ब पड़ने से स्वयं नहीं रंगा जाता वैसे ही आत्मज्ञानी कर्मों के फलों से भीतर से लिप्त नहीं हो जाता।

विहरन् जनतावृन्दे देवकीर्तनपूजनैः ।
खेदाह्लादौ न जानाति प्रतिबिम्बगतैरिव ॥99॥
निःस्तोत्रो निर्विकारश्च पूज्यपूजाविवर्जितः ।
संयुक्तश्च वियुक्तश्च सर्वाचारनयक्रमैः ॥100॥
तनुं त्यजतु वा तीर्थे श्वपचस्य गृहेऽथ वा ।
ज्ञानसम्पत्तिसमये मुक्तोऽसौ विगताशयः ॥101॥
सङ्कल्पत्वं हि बन्धस्य कारणं तत् परित्यज ।
मोक्षो भवेदसंकल्पात् तदभ्यासं धिया कुरु ॥102॥

वह ज्ञानी लोगों के समूहों में देवकीर्तन या पूजन के द्वारा विहार तो करता रहता है, परन्तु उन सबके मानो अपने में केवल प्रतिबिम्ब ही पड़े हैं, ऐसा मानकर वह हर्ष या शोक का (खेद का) अनुभव नहीं करता। वह उन पूजा-स्तुतियों से रहित भी रहता है, वह निर्विकार रहता है, पूज्यों के प्रति पूज्यबुद्धि से भी रहित हो जाता है। और सभी आचार और नीतिनियमों के साथ भी रहता है और उनसे रहित होकर भी रहता है। वह ज्ञानी ज्ञानसम्पत्ति के काल में (ज्ञानी अवस्था में) अपना शरीर किसी तीर्थ में छोड़ दे या तो किसी चाण्डाल के घर में छोड़ दे, परन्तु इससे उसका किसी भी प्रकार का आशय नहीं होता। कोई भी संकल्प ही बन्धन का कारण होता है, इसलिए पहले तुम संकल्पों का ही त्याग कर दो, क्योंकि असंकल्प से ही मोक्ष होता है। इसलिए तुम बुद्धिपूर्वक उसी का अभ्यास करो।

सावधानो भव त्वं च ग्राह्यग्राहकसङ्गमे ।
अजस्रमेव संकल्पदशाः परिहरन् शनैः ॥103॥
मा भव ग्राह्यभावात्मा ग्राहकात्मा च मा भव ।
भावनामखिलां त्यक्त्वा यच्छिष्टं तन्मयो भव ॥104॥
किञ्चिच्चेद्रोचते तुभ्यं तद्बद्धोऽसि भवस्थितौ ।
न किञ्चिद्रोचते चेत्ते तन्मुक्तोऽसि भवस्थितौ ॥105॥
अस्मात् पदार्थनिचयाद्यावत् स्थावरजङ्गमात् ।
तृणादेर्देहपर्यन्तान्मा किञ्चित्तत्र रोचताम् ॥106॥

निरन्तर धीरे-धीरे तुम संकल्पों का त्याग करते रहो और विषयों तथा विषयग्राहकों के सम्पर्क के विषय में सावधान रहो। तुम ग्राह्य पदार्थों में भाव वाले न बनो और अपने में ग्राहक भावना भी न रखो। सभी प्रकार की भावनाओं को छोड़कर जो अवशेष रहे, उसी तत्त्व में परायण हो जाओ। यदि किसी

भी पदार्थ में तुम्हारी स्पृहा है, तब तो तुम संसार की स्थिति में बद्ध ही हो गए। अगर तुम्हें कहीं भी स्पृहा ही नहीं रही, तब तुम संसार की स्थिति से मुक्त हो चुके हो। एक तिनके से लेकर इस सारे स्थावर-जंगम समूह में से तुमको कुछ भी अच्छा नहीं लगना चाहिए।

अहंभावानहंभावौ त्यक्त्वा सदसती तथा ।
यदसक्तं समं स्वच्छं स्थितं तत्तुर्यमुच्यते ॥107॥
या स्वच्छा समता शान्ता जीवन्मुक्तव्यवस्थितिः ।
साक्ष्यवस्था व्यवहृतौ सा तुर्या कलनोच्यते ॥108॥
नैतज्जाग्रन्न च स्वप्नः संकल्पानामसंभवात् ।
सुषुप्तभावो नाऽप्येतदभावाज्जडतास्थितेः ॥109॥
शान्तसम्यक्प्रबुद्धानां यथास्थितमिदं जगत् ।
विलीनं तुर्यमित्याहुरबुद्धानां स्थितं स्थिरम् ॥110॥

अहंभाव और अनहंभाव—दोनों को छोड़कर एवं सत् और असत्—इन दोनों को भी छोड़कर जो निर्लिप्त है, समरस है, निर्मल है उसी को तुर्य कहा जाता है। जीवन्मुक्त की जो निर्मल, समरस और शान्त अवस्था है, जो कि व्यवहार में भी साक्षीरूप ही होती है, वही यह तुर्यावस्था है। वह अवस्था जाग्रत् भी नहीं है, संकल्पों का अभाव होने से स्वप्न भी नहीं है, और जड़तायुक्त स्थिति न होने से जो सुषुप्ति भी नहीं है। जो लोग शान्त होकर उत्तम ज्ञान को प्राप्त हुए हैं, उनकी दृष्टि में तो यह सारा जगत् अपने मूल स्वरूप में (कारणरूप में) जैसा था, वैसा ही अभी भी है। और वे तो यहाँ तक कह देते हैं कि तुरीय भी विलीन हो गया है। परन्तु जो अज्ञानी हैं, उन्हीं की दृष्टि से यह जगत् स्थिर (वास्तविक) है।

अहंकारकलात्यागे समतायाः समुद्गमे ।
विशरारौ कृते चित्ते तुर्यावस्थोपतिष्ठते ॥111॥
सिद्धान्तोऽध्यात्मशास्त्राणां सर्वापह्नव एव हि ।
नाविद्याऽस्तीह नो माया शान्तं ब्रह्मेदमक्लमम् ॥112॥
शान्त एव चिदाकाशे स्वच्छे शमसमात्मनि ।
समग्रशक्तिखचिते ब्रह्मेति कलिताभिधे ॥113॥
सर्वमेव परित्यज्य महामौनी भवानघ ।
निर्वाणवान् निर्मननः क्षीणचित्तः प्रशान्तधीः ॥114॥

जब अहंकार के अंशों का नाश हो जाता है और समभाव का उदय होता है तब चित्त का विनाश किया जाता है और तुर्यावस्था उपस्थित हो जाती है। 'सभी पदार्थों का अभाव ही है'—ऐसा अध्यात्मशास्त्र का सिद्धान्त है। इसलिए यहाँ न कोई अविद्या है, न कोई माया ही है, परन्तु शान्त और श्रमरहित केवल ब्रह्म ही है। चैतन्यरूप आकाश शान्त, स्वच्छ, शमतुल्य, स्वरूपी और समग्र शक्तियों से व्याप्त है। इसी को 'ब्रह्म' ऐसा नाम दिया गया है। इसलिए हे दोषरहित निदाघ ! उसी ब्रह्म में सर्व का त्याग करके तुम महामौनधारी, निर्वाणयुक्त, ममतारहित, नष्ट चित्तवाले और शान्त बुद्धिवाले हो जाओ।

आत्मन्येवास्स्व शान्तात्मा मूकान्धबधिरोपमः ।
नित्यमन्तर्मुखः स्वच्छः स्वात्मनाऽन्तः प्रपूर्णधीः ॥115॥

जाग्रत्येव सुषुप्तस्थः कुरु कर्माणि वै द्विज ।
अन्तः सर्वपरित्यागी बहिः कुरु यथाऽऽगतम् ॥116॥
चित्तसत्ता परं दुःखं चित्तत्यागः परं सुखम् ।
अतश्चित्तं चिदाकाशे नय क्षयमवेदनात् ॥117॥
दृष्ट्वा रम्यमरम्यं वा स्थेयं पाषाणवत् सदा ।
एतावताऽऽत्मयत्नेन जिता भवति संसृतिः ॥118॥

इस ब्रह्म के स्वरूप में ही शान्तरूप, मूक, बधिर और अन्ध के समान तथा अन्तर्मुख होकर तुम रहो। और निर्मल बनकर अपने आत्मा के द्वारा ही अन्तर में परिपूर्ण बुद्धिवाले हो जाओ। हे द्विज ! जाग्रत् अवस्था में रहते हुए भी तुम मानो सुषुप्ति में ही रहे हो, इस तरह कर्म करो। और अंतर से सब कुछ का त्याग करके बाहर अपनी इच्छानुसार या चाहे जिस प्रकार भी काम किया करो। चित्त का अस्तित्व ही परम दुःख है, और चित्त का त्याग ही परम सुख है। इसलिए अनुभवों के अभाव द्वारा चित्त का चिदाकाश में विलय कर दो। सुन्दर या असुन्दर वस्तु को देखकर हमेशा पत्थर की तरह ही रहा करो। बस, इतना ही केवल आत्मप्रयत्न करने से सारा संसार जीता जा सकता है।

वेदान्ते परमं गुह्यं पुराकल्पप्रचोदितम् ।
नाप्रशान्ताय दातव्यं न चाशिष्याय वै पुनः ॥119॥
अन्नपूर्णोपनिषदं योऽधीते गुर्वनुग्रहात् ।
स जीवन्मुक्ततां प्राप्य ब्रह्मैव भवति स्वयम् ॥120॥ इत्युपनिषत् ।

इति पञ्चमोऽध्यायः ।

इत्यन्नपूर्णोपनिषत्समाप्ता ।

वेदान्त का यह परम गोपनीय ज्ञान पुराने कल्प में बहुत प्रेरणा (प्रचार करने) देने वाला रहा है। यह ज्ञान अति अशान्त मनुष्य को नहीं देना चाहिए। और जो शिष्य न बना हो, उसको भी नहीं देना चाहिए। जो मनुष्य गुरु की कृपा प्राप्त करके इस अन्नपूर्णोपनिषत् का अध्ययन करता है, वह अपने आप ही जीवन्मुक्त का पद प्राप्त करके ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। इस प्रकार यह उपनिषत् समाप्त होती है।

यहाँ पाँचवाँ अध्याय पूरा हुआ।

इस प्रकार अन्नपूर्णोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ स्वस्ति न इन्द्रो---बृहस्पतिर्दधातु । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(73) सूर्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् अथर्ववेद से सम्बद्ध है। इस गद्यात्मक उपनिषत् में सूर्य और ब्रह्म का ऐक्य प्रतिपादित किया गया है। पहले उपनिषत् के ऋषि, देवता, छन्द आदि का उल्लेख किया गया है, बाद में सूर्य और आत्मा की एकता बताई है। बाद में सूर्य के तेज से पृथ्वी-सृष्टि आदि का निर्माण बताया गया है। आदित्य की स्तुति, आदित्य का ब्रह्मत्व, सूर्याष्टाक्षरी मंत्र, अन्त में मंत्रजाप और उसकी फलश्रुति भी बताई गई है। यहाँ विशेषता यह है कि मंत्रजाप का मुहूर्त भी बताया है। हस्त नक्षत्र स्थित सूर्य हो, आश्विन मास हो, तब जप करना अच्छा माना गया है। इस मुहूर्त में जप करने वाला मृत्यु को पार कर जाता है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्र कर्णेभिः---देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ सूर्याथर्वाङ्गिरसं व्याख्यास्यामः । ब्रह्मा ऋषिः । गायत्री छन्दः । आदित्यो देवता । हंसः सोऽहमग्निनारायणयुक्तं बीजम् । हल्लेखा शक्तिः । वियदादिसर्गसंयुक्तं कीलकम् । चतुर्विधपुरुषार्थसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः । षट्स्वरारूढेन बीजेन षडङ्गम् । रक्ताम्बुजसंस्थितं सप्ताश्वरथिनं हिरण्यवर्णं चतुर्भुजं पद्मद्वयाभयवरदहस्तं कालचक्रप्रणेतारं श्रीसूर्यनारायणं य एवं वेद स वै ब्राह्मणः ॥1॥

यहाँ अब सूर्य से सम्बद्ध अथर्वाङ्गिरस मंत्रों की हम व्याख्या करते हैं। इसके ऋषि ब्रह्मा हैं, गायत्री छन्द है और आदित्य देवता है। और अग्निनारायण से युक्त 'हंसः' 'सोऽहम्' यह बीज है। 'हल्लेखा' (औत्सुक्य) इसकी शक्ति है। आकाशादिसंसर्ग से युक्त कीलक है। चारों प्रकार के पुरुषार्थों की सिद्धि के लिए इसका विनियोग है। षट् स्वरों के ऊपर बीज के साथ प्रतिष्ठित हुए छः गुणों से युक्त, लाल कमल पर अवस्थित, षडंगयुक्त, सात घोड़ों वाले रथ पर आरूढ़, सुवर्ण जैसी कान्तिवाले, चार हाथ वाले, चारों हाथों में से दो से कमल और दो से वरमुद्रा और अभयमुद्रा को धारण करने वाले कालचक्र के प्रेरक सूर्यनारायण को जो जानता है, वही ब्रह्मवेत्ता है।

ॐ भूर्भुवः स्वः । तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि । धियो यो नः प्रचोदयात् ॥2॥

प्रणवरूप में जो भूः, भुवः और स्वः में (अर्थात् तीनों लोक में) व्याप्त परमात्मा है, वे समस्त सृष्टि को उत्पन्न करने वाले हैं। ऐसे सवितादेव के सर्वोत्तम तेज का हम ध्यान करते हैं, जो सवितादेव हमारी बुद्धियों को (श्रेष्ठ मार्गों की ओर बढ़ने की) प्रेरणा दें।

सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च । सूर्याद्वै खल्विमानि भूतानि जायन्ते ।
सूर्याद्यज्ञः पर्जन्योऽन्नमात्मा ॥3॥

सूर्य ही इस जड़ और चेतन सृष्टि के आत्मा हैं। सूर्य से ही इन सभी प्राणियों की उत्पत्ति होती है। सूर्य से ही यज्ञ, वर्षा, अन्न और आत्मा का आविर्भाव होता है।

नमस्त आदित्य। त्वमेव प्रत्यक्षं कर्मकर्ताऽसि। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्माऽसि। त्वमेव प्रत्यक्षं विष्णुरसि। त्वमेव प्रत्यक्षं रुद्रोऽसि। त्वमेव प्रत्यक्षमृगसि। त्वमेव प्रत्यक्षं यजुरसि। त्वमेव प्रत्यक्षं सामासि। त्वमेव प्रत्यक्षमथर्वाऽसि। त्वमेव सर्वं छन्दोऽसि ॥4॥

हे सूर्यदेव! आपको नमस्कार हो। आप ही प्रत्यक्ष कर्मों के कर्ता हैं, आप ही प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं, आप ही प्रत्यक्ष विष्णु हैं, आप ही प्रत्यक्ष रुद्र हैं, आप ही प्रत्यक्ष ऋग्वेद हैं, आप ही प्रत्यक्ष यजुर्वेद हैं, आप ही प्रत्यक्ष सामवेद हैं, आप ही प्रत्यक्ष अथर्ववेद हैं, आप ही सर्वछन्द रूप हैं।

आदित्याद्वायुर्जायते। आदित्याद्भूमिर्जायते। आदित्यादापो जायन्ते। आदित्याज्ज्योतिर्जायते। आदित्याद्व्योम दिशो जायन्ते। आदित्याद्देवा जायन्ते। आदित्याद्वेदा जायन्ते। आदित्यो वा एष एतन्मण्डलं तपति। असावादित्यो ब्रह्म। आदित्योऽन्तःकरणमनोबुद्धिचित्ताहंकाराः। आदित्यो वै व्यानः समानोदानोऽपानः प्राणः। आदित्यो वै श्रोत्रत्वक्-चक्षूरसनघ्राणाः। आदित्यो वै वाक्पाणिपादपायूपस्थाः। आदित्यो वै शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः। आदित्यो वै वचनादानागमनविसर्गानन्दाः। आनन्दमयो ज्ञानमयो विज्ञानमय आदित्यः ॥5॥

इसी आदित्य से वायु उत्पन्न होता है, आदित्य से पृथ्वी उत्पन्न होती है, आदित्य से जल उत्पन्न होता है, आदित्य से तेज उत्पन्न होता है, आदित्य ही से आकाश और दिशाएँ उत्पन्न होती हैं, आदित्य से देव उत्पन्न होते हैं, आदित्य से वेद उत्पन्न होते हैं, आदित्य से ही यह सारा ब्रह्माण्ड तपता है। यह आदित्य ब्रह्म है, आदित्य ही मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार है, आदित्य ही व्यान, समान, उदान, अपान और प्राण है। आदित्य ही, श्रवण, त्वक्, चक्षु, रसना और घ्राण—ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। आदित्य ही वाक्, पाणि, पाद, पायू और उपस्थ—ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ हैं। आदित्य ही शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध—ये पाँच तन्मात्राएँ हैं। आदित्य ही वचन, आदान, गमन, मलविसर्जन और आनन्दरूप—ये कर्मेन्द्रियों के विषय हैं। यही आदित्य ज्ञानमय, विज्ञानमय तथा आनन्दमय है।

नमो मित्राय भानवे मृत्योर्मा पाहि। भ्राजिष्णवे विश्वहेतवे नमः।
सूर्याद्भवन्ति भूतानि सूर्येण पालितानि तु।
सूर्ये लयं प्राप्नुवन्ति यः सूर्यः सोऽहमेव च ॥
चक्षुर्नो देवः सविता चक्षुर्न उत पर्वतः।
चक्षुर्धाता दधातु नः ॥
आदित्याय विद्महे सहस्रकिरणाय धीमहि।
तन्नः सूर्यः प्रचोदयात् ॥
सविता पुरस्तात् सविता पश्चात्तात् सवितोत्तरात्तात् सवितोऽधरात्तात्।
सविता नः सुवतु सर्वतातिं सविता नो रासतां दीर्घमायुः ॥6॥

मित्रस्वरूप सूर्यदेव को नमस्कार हो। हे देव! आप हमें मृत्यु से बचाइए। विश्व के कारणरूप तेजस्वी सूर्यदेव को नमस्कार हो। ये सभी प्राणी सूर्य से ही उत्पन्न होते हैं, सूर्य से ही पालित-पोषित

किए जाते हैं और सूर्य में लय हो जाते हैं। जो यह सूर्य है, वह मैं ही हूँ। ये सवितादेव ही हमारा नेत्र है, यह सवितादेव ही हमारा पर्वत (ऊर्जा से भरपूर बना देने वाला चक्षु) है। सबको धारण करने वाले ये सवितादेव हमें चक्षु प्रदान करें अर्थात् देखने की शक्ति दें। हम आदित्य को जानते हैं। हजारों किरणों वाले उन सवितादेव का हम ध्यान करते हैं। वे सूर्यदेव हमें प्रेरणा दें। हमारे आगे, पीछे, उत्तर में, बाँयें, दायें, सभी ओर सवितादेव ही हैं। वे सवितादेव हमें लम्बी आयु दें, हमें सार्वत्रिकता का अभीष्ट पदार्थ प्रदान करें।

ॐ इत्येकाक्षरं ब्रह्म। घृणिरिति द्वे अक्षरे। सूर्य इत्यक्षरद्वयम्। आदित्य इति त्रीण्यक्षराणि। एतस्यैव सूर्यस्याष्टाक्षरो मनुः ॥7॥

'ॐ' यह प्रणव एकाक्षर ब्रह्ममंत्र है। 'घृणि' और 'सूर्य'—ये दो-दो अक्षर वाले मंत्र हैं। और 'आदित्य' शब्द में तीन अक्षर हैं। इन सबको मिलाकर सूर्यदेव का आठ अक्षरों का महामंत्र बनता है।

यः सदाऽहरहर्जपति स वै ब्राह्मणो भवति स वै ब्राह्मणो भवति। सूर्याभिमुखो जप्त्वा महाव्याधिभयात् प्रमुच्यते। अलक्ष्मीर्नश्यति। अभक्ष्यभक्षणात् पूतो भवति। अगम्यागमनात् पूतो भवति। पतित-संभाषणात् पूतो भवति। असत्संभाषणात् पूतो भवति। मध्याह्ने सूर्याभिमुखः पठेत्। सद्योत्पन्नपञ्चमहापातकात् प्रमुच्यते। सैषा सावित्री विद्यां न किञ्चिदपि न कस्मैचित् प्रशंसयेत्। य एतां महाभागः प्रातः पठति स भाग्यवान् जायते। पशून् विन्दति। वेदार्थं लभते। त्रिकाल-मेतज्जप्त्वा क्रतुशतफलमवाप्नोति। हस्तादित्ये जपति स महामृत्युं तरति स महामृत्युं तरति य एवं वेद ॥ इत्युपनिषत् ॥8॥

इति सूर्योपनिषत्समाप्ता।

इस मंत्र का जो प्रतिदिन जाप करता है, वह ब्रह्मज्ञानी हो जाता है। वही ब्राह्मण कहलाता है। सूर्याभिमुख होकर जप करके महान् रोगों और व्याधियों से मनुष्य बिल्कुल मुक्त हो जाता है। उसका दारिद्र्य दूर होता है, वह अभक्ष्यभक्षण के पाप से मुक्त होता है, कुमार्गगमन के दोष से मुक्त होता है, पापमय वाणी से मुक्त होता है, झूठ बोलने के पाप से मुक्त होता है। मध्याह्न काल में सूर्याभिमुख होकर इस मंत्र को जपना चाहिए। इससे तुरन्त किए गए पाँच महापातकों से मुक्त होता है। उसे इस सावित्री विद्या की किसी के आगे लेशमात्र भी प्रशंसा नहीं करनी चाहिए। जो महाभाग्यशाली मनुष्य प्रातःकाल में इस मंत्र को पढ़ता है, वह भाग्यवान होता है, पशुओं को प्राप्त करता है, वेदार्थ को जान लेता है, इस मंत्र का तीनों काल जप करके सौ यज्ञों का फल पाता है। सूर्य के हस्त नक्षत्र में होने के समय जो जाप करता है, वह महामृत्यु को पार कर जाता है, जो यह जानता है, वह भी महामृत्यु को तैर जाता है, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

इस प्रकार सूर्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(74) अक्ष्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

कृष्णयजुर्वेद-परम्परा की यह गद्य-पद्यात्मक उपनिषत् दो खण्डों में विभक्त है। सांकृति-आदित्य के प्रश्नोत्तर रूप में इसमें चाक्षुष्मती विद्या तथा योगविद्या का निर्देश किया है। उपनिषद् के दो खण्ड हैं। चाक्षुष्मती विद्या का विवेचन प्रथम खण्ड में किया गया है। और दूसरे खण्ड में पहले ब्रह्मविद्या का विवेचन करके बाद में उस विद्या की प्राप्ति के लिए योगविद्या की विभिन्न भूमिकाओं के बारे में बताया गया है। इस उपनिषद् में बताई गई योग की सात भूमिकाओं के माध्यम से साधक योगमार्ग में क्रमिक प्रगति करता हुआ आगे बढ़ता रहता है। अन्तिम (सातवीं) भूमिका में पहुँचकर वह परमात्मसाक्षात्कार कर लेता है। इस उपनिषत् के अन्त में ओंकार के विषय में भी विवेचन किया गया है। ओंकार की विधिपूर्वक साधना करने से भी ब्रह्मपद की प्राप्ति होती है, ऐसा कहा है। अन्त में परमानन्दस्वरूप ब्रह्मसाक्षात्कार की प्राप्ति (स्थिति) को पा लेना ही इस उपनिषत् का प्रमुख सन्देश है।

❦

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ—मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमः खण्डः

अथ ह सांकृतिर्भगवानादित्यलोकं जगाम। तमादित्यं नत्वा चाक्षुष्मती-विद्यया तमस्तुवत्। ॐ नमो भगवते श्रीसूर्यायाक्षितेजसे नमः। ॐ खेचराय नमः। ॐ महासेनाय नमः। ॐ तमसे नमः। ॐ रजसे नमः। ॐ सत्त्वाय नमः। ॐ असतो मा सद्गमय। ॐ तमसो मा ज्योति-र्गमय। ॐ मृत्योर्माऽमृतं गमय। हंसो भगवान् शुचिरूपः प्रतिरूपः। विश्वरूपं घृणिनं जातवेदसं हिरण्मयं ज्योतीरूपं तपन्तम्।
सहस्त्ररश्मिः शतधा वर्तमानः प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः ॥
ॐ नमो भगवते श्रीसूर्यायादित्यायाक्षितेजसेऽहोऽवाहिनी वाहिनि वा स्वाहेति। एवं चाक्षुष्मतीविद्यया स्तुतः सूर्यनारायणः सुप्रीतोऽब्रवीत् चाक्षुष्मतीविद्यां ब्राह्मणो यो नित्यमधीते न तस्याक्षिरोगो भवति। न तस्य कुलेऽन्धो भवति। अष्टौ ब्राह्मणान् ग्राहयित्वाऽथ विद्यासिद्धि-र्भवति। य एवं वेद स महान् भवति ॥1॥

इति प्रथम खण्डः।

एक बार भगवान् सांकृति आदित्यलोक में गए। वहाँ पर उन्होंने उन आदित्य को नमस्कार करके उनकी चाक्षुषी विद्या के द्वारा अर्चना की, कि—"ॐ अक्षि (आँख) के तेजरूप भगवान् सूर्य को नमस्कार हो। ॐ आकाशचारी सूर्य को नमस्कार हो, ॐ विशाल किरणसेना वाले सूर्य को नमस्कार हो, ॐ तमोगुणरूप सूर्य को नमस्कार, ॐ रजोगुणरूप सूर्य को नमस्कार, ॐ सत्त्वगुणरूप सूर्य को नमस्कार, ॐ तुम मुझे असत् में से सत् की ओर ले जाओ, ॐ तुम मुझे तमस् से ज्योति की ओर ले जाओ, ॐ तुम मुझे मृत्यु से अमृत की ओर ले जाओ। आप प्रत्यक् अभिन्न परमात्मरूप हैं, आप पवित्र हैं, प्रतिबिम्ब प्रकट करने वाले हैं। सूर्य ही निखिल विश्व में रूपों के धारणकर्ता, रश्मिसमूह से सुशोभित हैं, वे ही जातवेदा, हिरण्मय, ज्योतिस्वरूप, तपने-तपाने वाले भगवान् भास्कर हैं। उन्हें मैं प्रणाम करता हूँ। ये हजारों रश्मियों के समूहों वाले, सैंकड़ों रूपों में विद्यमान सूर्यदेव सभी लोगों के सामने प्रकट हो रहे हैं। हमारे चक्षुओं के प्रकाशरूप अदितिपुत्र सूर्य को नमस्कार हो। वे दिन के वाहक हैं, वे सब जगत् के भी वाहक हैं, उनके लिए हमारा सर्वस्व समर्पित हो (स्वाहा)"। इस प्रकार चाक्षुषी विद्या के द्वारा पूजित किए गए सूर्यनारायण बहुत ही प्रसन्न होकर बोले कि—"जो ब्रह्मज्ञानी इस चाक्षुष्मती विद्या को नित्य ही पढ़ेगा, उसको आँख का कोई भी रोग नहीं होगा। उसके वंश में कोई अन्धा पैदा नहीं होगा। आठ ब्राह्मणों को यह विद्या सिखा देने से इस विद्या की सिद्धि होती है। जो इस प्रकार जानता है, वह महान् हो जाता है"।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

अथ ह सांकृतिरादित्यं पप्रच्छ भगवन् ब्रह्मविद्यां मे ब्रूहीति।
तमादित्यो होवाच।
सांकृते शृणु वक्ष्यामि तत्त्वज्ञानं सुदुर्लभम्।
येन विज्ञातमात्रेण जीवन्मुक्तो भविष्यसि ॥1॥

इसके बाद सांकृति ने भगवान् सूर्य से पूछा—'हे भगवन्! मुझे ब्रह्मविद्या का उपदेश कीजिये।' तब आदित्य ने कहा—हे सांकृति! मैं तुम्हें अत्यन्त दुर्लभ तत्त्वज्ञान बता रहा हूँ। उसे तुम सुनो। इसके जानने से तुम जीवन्मुक्त हो जाओगे।

सर्वमेकमजं शान्तमनन्तं ध्रुवमव्ययम्।
पश्य भूतार्थचिद्रूपं शान्त आस्व यथासुखम् ॥2॥
अवेदनं विदुर्योगं चित्तक्षयमकृत्रिमम्।
योगस्थः कुरु कर्माणि नीरसो वाऽथ मा कुरु ॥3॥
विरागमुपयात्यन्तर्वासनास्वनुवासरम्।
क्रियासूदाररूपासु क्रमते मोदतेऽन्वहम् ॥4॥
ग्राम्यासु जडचेष्टासु सततं विचिकित्सते।
नोदाहरति मर्माणि पुण्यकर्माणि सेवते ॥5॥

तुम इस सम्पूर्ण जगत् को एकतत्त्वरूप, अजन्मा, शान्त, अनन्त, ध्रुव (शाश्वत) और अव्यय (अक्षर) अविकारी चैतन्यरूप ही मानो और यथेच्छ सुखपूर्वक जीवन जिओ। शान्त होकर बैठे रहो (निष्कर्मा हो जाओ)। सांसारिक किसी पदार्थ का अवेदन (असंवदेन) ही योग कहलाता है। वही चित्त

का स्वाभाविक (पारमार्थिक) स्वरूप है। इस योग में रहकर चाहे तुम कर्म कर सकते हो और चाहे नीरस होकर कर्मरहित भी यथेच्छ रह सकते हो। कर्म करने या न करने में नीरसता ही मुख्य बात है। इस योग में प्रवृत्त होने पर प्रथम तो यह होता है कि अन्त:करण दिन-प्रतिदिन वासनाओं के विचारों से दूर होता जाता है और साधक दिन-प्रतिदिन परमार्थ कर्म करते हुए आनन्द का अनुभव करता रहता है। अशिष्ट, जड़, अश्लील चेष्टाओं से वह सतत घृणा करता रहता है। अपने किसी भी सिद्धान्तकर्म को किसी के आगे नहीं कहता है और सदैव पुण्य कार्यों में अपने को संलग्न रखता है।

अनन्योद्वेगकारीणि मृदुकर्माणि सेवते।
पापाद् बिभेति सततं न च भोगमपेक्षते ॥6॥
स्नेहप्रणयगर्भाणि पेशलान्युचितानि च।
देशकालोपपन्नानि वचनान्यभिभाषते ॥7॥
मनसा कर्मणा वाचा सज्जनानुपसेवते।
यतः कुतश्चिदानीय नित्यं शास्त्राण्यवेक्षते ॥8॥

वह ऐसे ही कर्म करता है कि जिनसे दूसरों को उद्वेग न हो, एवं जो कर्म कोमल हों। वह पाप से सदा डरता रहता है और भोगों की कोई अपेक्षा नहीं करता। वह स्नेह और प्रणय (प्रेम) से भरे और कोमल तथा देश और काल के द्वारा योग्य माने गये हों तथा समुचित हों, ऐसे ही वाक्य बोलता है। मन से, वचन से और कर्मों से श्रेष्ठ पुरुषों का सत्संग करते हुए वह जहाँ-कहीं से भी हो पाए, शास्त्रों का अध्ययन करता रहता है।

तदाऽसौ प्रथमामेकां प्राप्तो भवति भूमिकाम्।
एवं विचारवान् यः स्यात् संसारोत्तारणं प्रति ॥9॥
स भूमिकावानित्युक्तः शेषस्त्वार्य इति स्मृतः।
विचारनाम्नीमितरामागतो योगभूमिकाम् ॥10॥
श्रुतिस्मृतिसदाचारधारणाध्यानकर्मणः।
मुख्यया व्याख्यया ख्याताञ्छ्रयति श्रेष्ठपण्डितान् ॥11॥

इस स्थिति में रहता हुआ वह प्रथम भूमिका वाला कहा जाता है। जो मनुष्य संसार-सागर को पार करने की अभिलाषा रखता है, वही इस प्रकार विचार कर सकता है। ऐसे इस पुरुष को 'भूमिकावान' कहा जाता है और शेष मनुष्यों को 'आर्य' कहा जाता है। अब जो साधक 'विचार' नाम की दूसरी भूमिका में पहुँच चुका है, उसका लक्षण इस प्रकार है—वह विचारभूमिक साधक सुप्रतिष्ठित श्रेष्ठ विद्वानों का आश्रय करके रहता है। वे श्रेष्ठपण्डित श्रुति, स्मृति, सदाचार, धारणा और ध्यान के कार्य में अधिक ख्याति वाले होते हैं।

पदार्थप्रविभागज्ञः कार्याकार्यविनिर्णयम्।
जानात्यधिगतश्राव्यो गृहं गृहपतिर्यथा ॥12॥
मदाभिमानमात्सर्यलोभमोहातिशायिताम्।
बहिरप्यास्थितामीषत्त्यजत्यहिरिव त्वचम् ॥13॥
इत्थंभूतमतिः शास्त्रगुरुसज्जनसेवया।
सरहस्यमशेषेण यथावदधिगच्छति ॥14॥

यह साधक पदार्थों के विभाग को जानता है, कार्य-अकार्य का निर्णय कर सकता है, जैसे घर का मालिक अपने घर को भली भाँति जानता है, वैसे ही यह भी उक्त विषय को अच्छी तरह से जानने

वाला होता है। जैसे साँप अपनी त्वचा को छोड़ देता है, वैसे ही वह साधक भी मद, अभिमान, मात्सर्य, लोभ, मोह आदि की अतिशयता को बाह्य आचरण में यदि कहीं दिखाई पड़े तो तुरन्त ही छोड़ देता है। इस प्रकार की बुद्धिवाला वह शास्त्रों, सज्जनों और गुरुजनों के सेवन के द्वारा इस गूढ़ ज्ञान को सम्पूर्ण और यथार्थ रूप से प्राप्त कर सकता है।

असंसर्गाभिधामन्यां तृतीयां योगभूमिकाम्।
ततः पतत्यसौ कान्तः पुष्पशय्यामिवामलाम् ॥15॥
यथावच्छास्त्रवाक्यार्थे मतिमाधाय निश्चलाम्।
तापसाश्रमविश्रान्तैरध्यात्मकथनक्रमैः ॥16॥
शिलाशय्याऽऽसनासीनो जरयत्यायुराततम्।
वनावनिविहारेण चित्तोपशमशोभिना ॥17॥
असङ्गसुखसौख्येन कालं नयति नीतिमान्।
अभ्यासात् साधुशास्त्राणां करणात् पुण्यकर्मणाम् ॥18॥
जन्तोर्यथावदेवेयं वस्तुदृष्टिः प्रसीदति।
तृतीयां भूमिकां प्राप्य बुद्धोऽनुभवति स्वयम् ॥19॥

इसके बाद 'असंसर्ग' नाम की तीसरी भूमिका में वह साधक प्रवेश करता है। जैसे कोई सुन्दर पुरुष पुष्पों से आच्छादित कोमल स्वच्छ शय्या पर आरूढ़ होता हो, उसी तरह साधक वहाँ प्रवेश करता है। वह शास्त्रों के वाक्यों में अपनी यथार्थ निश्चल बुद्धि को रखता है, वह तपस्वियों के आश्रमों में निवास करता है, अध्यात्म शास्त्रों की चर्चा करता है, पाषाण की कष्टमय शय्यावाला होता है और ऐसा ही जीवन बिताते हुए अपनी आयु पूर्ण कर देता है। वह कभी वन और कभी अवन (गाँव) में विहार करता है। पर विहार चित्त की शान्ति से शोभित ही होता है। वह नीतिमान साधक असंगता के सुख से अच्छे शास्त्रों के अभ्यास द्वारा तथा पुण्य कर्मों के आचरण द्वारा समय व्यतीत करता है। उसके ऐसे कर्मों से प्राणीसमूह की दृष्टि भी पवित्र हो जाती है। तीसरी भूमिका को प्राप्त हुआ ज्ञानी साधक इस बात का स्वयं ही अनुभव करता है।

द्विप्रकारमसंसर्गं तस्य भेदमिमं शृणु।
द्विविधोऽयमसंसर्गः सामान्यः श्रेष्ठ एव च ॥20॥
नाहं कर्ता न भोक्ता च न बाध्यो न च बाधकः।
इत्यसञ्जनमर्शेषु सामान्यासङ्गनामकम् ॥21॥
प्राक्कर्मनिर्मितं सर्वमीश्वराधीनमेव वा।
सुखं वा यदि वा दुःखं कैवात्र मम कर्तृता ॥22॥

इस असंसर्ग भूमिका के दो प्रकार हैं—एक सामान्य और दूसरा श्रेष्ठ। इनमें सामान्य यह है—'मैं न कर्ता, न भोक्ता, न बाध्य, न बाधक ही हूँ'—इस प्रकार विषयोपभोगों से आसक्ति को छोड़कर जो भावना होती है, उसे 'सामान्य असंसर्ग' भूमिका कहा जाता है। जब सब कुछ पूर्वजन्मकृत पुण्यों का फल है, या तो सब कुछ ईश्वराधीन ही है, तब तो सुख-दु:ख में मेरा कर्तृत्व ही कैसे आएगा ? (ऐसा वह सोचता रहता है। और—)

भोगाभोगा महारोगाः सम्पदः परमापदः।
वियोगायैव संयोगा आधयो व्याधयो धियाम् ॥23॥
कालश्च कलनोद्युक्तः सर्वभावाननारतम्।

अनास्थयेति भावानां यदभावनमान्तरम् ।
वाक्यार्थलब्धमनसः सामान्योऽसावसङ्गमः ॥24॥

भोगाभोगों का—भोगों और आभोगों (भोगसाधनों) का अतिसंग्रह महारोगकारी है और समस्त वैभव बड़ी आपत्तियों का स्वरूप है। सभी संयोगों का अन्तिम परिणाम वियोग में ही होता है। मानसिक चिन्ताएँ अज्ञानग्रस्तों के लिए बड़ी पीड़ाकारक ही हैं, सभी पदार्थ क्षणभंगुर और अनित्य हैं, काल सभी को ग्रस्त करने के लिए सज्ज ही है—ऐसी सांसारिक अनास्था से मन में जो एक प्रकार का अभाव हो जाता है, इसी अवस्था को 'सामान्य असंसर्ग' भूमिका का नाम दिया गया है।

अनेन क्रमयोगेन संयोगेन महात्मनाम् ।
नाहं कर्तेश्वरः कर्ता कर्म वा प्राक्तनं मम ॥25॥
कृत्वा दूरतरे नूनमिति शब्दार्थभावनाम् ।
यन्मौनमासनं शान्तं तच्छ्रेष्ठासङ्ग उच्यते ॥26॥
संतोषामोदमधुरा प्रथमोदेति भूमिका ।
भूमिप्रोदितमात्रोऽन्तरमृताङ्कुरिकेव सा ॥27॥
एषा हि परिमृष्टाऽन्तरन्यासां प्रसवैकभूः ।
द्वितीयां च तृतीयां च भूमिकां प्राप्नुयात्ततः ॥28॥

इस प्रकार क्रमयोग से महात्माओं के सत्संग द्वारा, "मैं कर्ता नहीं हूँ, ईश्वर ही कर्ता है, अथवा मेरा कोई पहले का कर्म ही कर्ता होगा"—इस प्रकार से समस्त विचारों और शब्द और अर्थ की भावनाओं को छोड़कर जो मौन (समनस्क इन्द्रियों का संयम), आसन (आन्तरिक स्थिति) तथा शान्तभाव (बाहरी भावों की विस्मृति) होती है, वही दूसरा 'श्रेष्ठ असंसर्ग' कहा जाता है। पहली भूमिका तो अन्तःकरण को संतोष और आनन्द देने वाली होती है। वह भूमि में अमृत के छोटे अंकुर के फूटने जैसी होती है। उसके प्रस्फुटित होते ही शेष भूमिकाओं के लिए चित्त तैयार हो जाता है। इसके बाद (तुरन्त ही) दूसरी और तीसरी भूमिकाएँ आती हैं।

श्रेष्ठा सर्वगता ह्येषा तृतीया भूमिकाऽत्र हि ।
भवति प्रोज्झिताशेषसंकल्पकलनः पुमान् ॥29॥
भूमिकात्रितयाभ्यासादज्ञाने क्षयमागते ।
समं सर्वत्र पश्यन्ति चतुर्थीं भूमिकां गताः ॥30॥
अद्वैते स्थैर्यमायाते द्वैते च प्रशमं गते ।
पश्यन्ति स्वप्नवल्लोकं चतुर्थीं भूमिकां गताः ॥31॥

इनमें तीसरी भूमिका श्रेष्ठ और सबसे आगे मानी गई है, क्योंकि इसमें रहने वाला साधक अपनी समग्र संकल्पों की वृत्तियों को छोड़ देता है। और जब इन तीन भूमिकाओं के अभ्यास करने से अज्ञान क्षीण हो जाता है, तब चौथी भूमिका में पहुँचे हुए मनुष्य सर्वत्र समभाव से देखते हैं। इस चौथी भूमिका में पहुँचे हुए साधक लोग अद्वैत भावना के स्थिर हो जाने पर इस समग्र लोक को स्वप्न की तरह ही देखते हैं।

भूमिकात्रितयं जाग्रच्चतुर्थी स्वप्न उच्यते ।
चित्तं तु शरदभ्रांशविलयं प्रविलीयते ॥32॥
सत्त्वाऽवशेष एवास्ते पञ्चमीं भूमिकां गतः ।
जगाद्विकल्पो नोदेति चित्तस्यात्र विलापनात् ॥33॥

पञ्चमीं भूमिकामेत्य सुषुप्तपदनामिकाम् ।
शान्ताशेषविशेषांशस्तिष्ठत्यद्वैतमात्रकः ॥34॥
गलितद्वैतनिर्भासो मुदितोऽन्तःप्रबोधवान् ।
सुषुप्तघन एवास्ते पञ्चमीं भूमिकां गतः ॥35॥

इन भूमिकाओं में पहली तीन अवस्थाएँ जाग्रत्रूप हैं और चौथी भूमिका स्वप्नरूप कही गई है। साधक जब पाँचवीं भूमिका में पहुँचता है, तो उस अवस्था में चित्त शरद् ऋतु के बादलों के अंशों की तरह विलीन हो जाता है और तब केवल सत्त्व का अंशमात्र ही शेष रह जाता है। इस अवस्था में चित्त का विलय ही हो जाता है इसलिए जगत् सम्बन्धी कोई विकल्प रहता ही नहीं है। इस पंचमी भूमिका में साधक के सभी विशेषों की शान्ति (शमन) हो जाती है और वह केवल अद्वैतमात्र के रूप में ही अवस्थित रहता है, यह भूमिका सुषुप्तिरूप है। इसमें पहुँचे हुए साधक का द्वैत का निर्भास गलित हो जाता है (द्वैतदर्शन ही समाप्त हो जाता है)। भीतर में ज्ञान होता है और वह अपने अंतस् में ही मुदित एवं घन (गाढ़) सुषुप्ति में रहता है।

अन्तर्मुखतया तिष्ठन् बहिर्वृत्तिपरोऽपि सन् ।
परिश्रान्ततया नित्यं निद्रालुरिव लक्ष्यते ॥36॥
कुर्वन्नभ्यासमेतस्यां भूमिकायां विवासनः ।
षष्ठीं तुर्याभिधामन्यां क्रमात् पतति भूमिकाम् ॥37॥
यत्र नासन्न सद्रूपो नाहं नाप्यनहंकृतिः ।
केवलं क्षीणमनन आस्तेऽद्वैतेऽतिनिर्भयः ॥38॥
निर्ग्रन्थिः शान्तसंदेहो जीवन्मुक्तो विभावनः ।
अनिर्वाणोऽपि निर्वाणश्चित्रदीप इव स्थितः ॥39॥
षष्ठ्यां भूमावसौ स्थित्वा सप्तमीं भूमिमाप्नुयात् ।
विदेह मुक्ताऽत्रोक्ता सप्तमी योगभूमिका ॥40॥

वह बाह्य व्यवहारों को करते हुए भी अन्तर्मुख ही रहता है। वह सभी समय थका हुआ-सा तथा तंद्रिल अवस्था में रहा हो, ऐसा ही दिखाई पड़ता है। वासनारहित होकर इस भूमिका का अभ्यास करते-करते वह छठी तुर्या नाम की भूमिका में क्रमशः पहुँच जाता है। इस अवस्था में सत् नहीं होता, असत् भी नहीं होता, अहंभाव नहीं होता, अहंभाव का अभाव भी नहीं होता। मननवृत्ति भी नहीं होती। वह केवल-अद्वैत में ही अतिनिर्भीक होकर रहता है। वह ग्रन्थिरहित हो जाता है, उसके सारे संदेह मिट गए होते हैं, वह जीवन्मुक्त होता है, उसमें कोई भी भावना नहीं होती। चित्र में आलिखित दीपक की भाँति वह निर्वाण को प्राप्त न होने पर भी निर्वाण को प्राप्त हुआ हो जाता है। इस प्रकार की छठी भूमिका में रहकर साधक फिर सप्तमी भूमिका में पहुँच जाता है। यह सातवीं भूमिका विदेहमुक्त की स्थिति होती है।

अगम्या वचसां शान्ता सा सीमा सर्वभूमिषु ।
लोकानुवर्तनं त्यक्त्वा त्यक्त्वा देहानुवर्तनम् ॥41॥
शास्त्रानुवर्तनं त्यक्त्वा स्वाध्यासापनयं कुरु ।
ओंकारमात्रमखिलं विश्वप्राज्ञादिलक्षणम् ॥42॥
वाच्यवाचकताऽभेदात् भेदेनानुपलब्धितः ।
अकारमात्रं विश्वः स्यादुकारस्तैजसः स्मृतः ॥43॥

प्राज्ञो मकार इत्येवं परिपश्येत् क्रमेण तु ।
समाधिकालात् प्रागेव विचिन्त्यातिप्रयत्नतः ॥44॥

सभी भूमिकाओं में यह सातवीं भूमिका वाणी से अवर्णनीय है, वह शान्तावस्था है। सभी भूमिकाओं की यह सीमा है। तुम लोकाचार, देहाचार, शास्त्राचार—इन सबको छोड़कर अपने सारे अध्यास को दूर ही कर दो। विश्व, तैजस और प्राज्ञ के रूप में यह सारा जगत् ओंकारमय ही है। वाच्य पदार्थ और वाचक शब्द में अभेद ही रहता है। और भेद होने पर उसकी कोई उपलब्धि नहीं होती। इस ओंकार का स्वरूप इस प्रकार है—इसमें स्थित 'अकार' विश्व है, 'उकार' तैजस है तथा 'मकार' प्राज्ञ है, ऐसा क्रम से देखना चाहिए। समाधिकाल से पहले ही इस प्रकार बहुत प्रयत्नपूर्वक मननचिन्तन करना चाहिए। (और उसके बाद—)

स्थूलसूक्ष्मक्रमात् सर्वं चिदात्मनि विलापयेत् ।
चिदात्मानं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसदद्वयः ॥45॥
परमानन्दसन्दोहो वासुदेवोऽहमोमिति ।
आदिमध्यावसानेषु दुःखं सर्वमिदं यतः ॥46॥
तस्मात् सर्वं परित्यज्य तत्त्वनिष्ठो भवानघ ।
अविद्यातिमिरातीतं सर्वाभासविवर्जितम् ॥47॥
आनन्दममलं शुद्धं मनोवाचामगोचरम् ।
प्रज्ञानघनमानन्दं ब्रह्मास्मीति विभावयेत् ॥48॥ इत्युपनिषत् ।

इति द्वितीयः खण्डः ।

इत्यक्ष्युपनिषत्समाप्ता ।

स्थूल और सूक्ष्म—सबको क्रमशः चिदात्मा में विलीन कर देना चाहिए। चिदात्मा के निजी स्वरूप को स्वीकार करते हुए ऐसा दृढ़ विश्वास करना चाहिए कि मैं शुद्ध, बुद्ध, नित्य, मुक्त, सत् और अद्वैतरूप ही हूँ। मैं वासुदेव तथा परमात्म सन्दोहरूप ओंकार ही हूँ। क्योंकि यह प्रपंच तो आदि, मध्य और अन्त में केवल दुःख ही देने वाला है। इसलिए हे निष्पाप, तुम सबको छोड़कर तत्त्वनिष्ठ ही हो जाओ। तुम ऐसी ही भावना करो कि—"मैं अज्ञानान्धकार से परे हूँ, मैं सभी प्रकार के आभासों से रहित हूँ, मैं आनन्दरूप, शुद्ध, निर्मल, मन-वाणी से अगम्य, प्रज्ञानघन आनन्दरूप ब्रह्म ही हूँ", यही उपनिषद् है।

यहाँ द्वितीय खण्ड पूरा हुआ।

इस प्रकार अक्ष्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ---मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(75) अध्यात्मोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् शुक्लयजुर्वेद की परंपरा की है। इसमें आत्मसाक्षात्कार का विषय प्रतिपादित है। आत्मतत्त्व के सर्वव्यापक होने पर भी सभी प्राणी उसे नहीं जानते। इसे जानने के लिए महावाक्यों के द्वारा इसमें निर्देशित किया गया है। शारीरिक विकारों से ऊपर उठकर आत्मसाधना में रत रहने का इसमें निर्देश दिया गया है। तीनों अवस्थाओं से ऊपर उठकर निर्विकल्प समाधि के द्वारा परमतत्त्व को पहचान लेने की तथा उस तत्त्व में एकरस हो जाने की बात इसमें कही गई है। इस निर्विकल्प समाधि की दशा को 'धर्ममेघ' कहकर उसी में सभी वृत्तियों को लीन करके मुक्ति अवस्था को प्राप्त करने के लिए सूचना दी गई है। जीवन्मुक्त की दशा को समझाते हुए कहा गया है कि इस अवस्था में प्रारब्ध कर्मों का क्षय हो जाता है और साथ में यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि निर्विकल्प समाधि प्राप्त करने के पहले प्रारब्ध कर्मों का फल अवश्य ही भोगना पड़ता है। ये प्रारब्ध कर्म केवल इन्द्रियाभिमानियों को ही बन्धनकारी होते हैं। गुरु और शास्त्रों का अनुसरण करते हुए शिष्य की जब ऐसी उच्चतम अवस्था होती है, तब उसकी क्या फलश्रुति होती है, यह बताते हुए इस उपनिषत् की शिष्य-परंपरा भी अन्त में बताई है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं.....पूर्णमेवावशिष्यते । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पैंगलोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अन्तःशरीरे निहितो गुहायामज एको नित्यमस्य पृथिवी शरीरं यः पृथिवीमन्तरे सञ्चरन् यं पृथिवी न वेद। यस्यापःशरीरं योऽपोऽन्तरे सञ्चरन् यमापो न विदुः। यस्य तेजः शरीरं यस्तेजोऽन्तरे सञ्चरन् यं तेजो न वेद। यस्य वायुः शरीरं यो वायुमन्तरे सञ्चरन् यं वायुर्न वेद। यस्याकाशः शरीरं य आकाशमन्तरे सञ्चरन् यमाकाशो न वेद। यस्य मनः शरीरं यो मनोऽन्तरे सञ्चरन् यं मनो न वेद। यस्य बुद्धिः शरीरं यो बुद्धिमन्तरे सञ्चरन् यं बुद्धिर्न वेद। यस्याहङ्कारः शरीरं योऽहङ्कारमन्तरे सञ्चरन् यमहङ्कारो न वेद। यस्य चित्तं शरीरं यश्चित्तमन्तरे सञ्चरन् यं चित्तं न वेद। यस्याव्यक्तं शरीरं योऽव्यक्तमन्तरे सञ्चरन् यमव्यक्तं न वेद। यस्याक्षरं शरीरं योऽक्षरमन्तरे सञ्चरन् यमक्षरं न वेद। यस्य मृत्युः शरीरं यो मृत्युमन्तरे सञ्चरन् यं मृत्युर्न वेद। स एष सर्वभूतान्तरात्मा-ऽपहतपाप्मा दिव्यो देव एको नारायणः ॥

अहं ममेति यो भावो देहाक्षादावनात्मनि ।
अध्यासोऽयं निरस्तव्यो विदुषा ब्रह्मनिष्ठया ॥1॥

शरीर के भीतर, हृदयरूपी गुफा में एक अजन्मा नित्य तत्त्व निवास करता है। पृथ्वी जिसका शरीर है, जो पृथ्वी के भीतर रहकर संचरण करता रहता है, पर पृथ्वी उसे जानती नहीं है। जल जिसका शरीर है, जो जल के भीतर संचार करता है, पर जल उसे नहीं जानता। तेज जिसका शरीर है, तेज के भीतर जो संचरण करता है पर तेज उसे नहीं जानता। वायु जिसका शरीर है, जो वायु के भीतर संचरण करता है पर वायु उसे नहीं जानता। आकाश जिसका शरीर है, जो आकाश के भीतर संचार करता रहता है, फिर भी आकाश उसे नहीं जानता। मन जिसका शरीर है, जो मन के भीतर संचरण करता है, पर मन उसे नहीं जानता। बुद्धि उसका शरीर है, जो बुद्धि के भीतर संचरण करता है, पर बुद्धि उसे नहीं जानती। अहंकार जिसका शरीर है, जो अहंकार के भीतर संचरण करता है, पर अहंकार उसे नहीं जानता। चित्त जिसका शरीर है, जो चित्त के भीतर संचरण करता है, परन्तु चित्त उसे नहीं जानता। अव्यक्त जिसका शरीर है, जो अव्यक्त के भीतर संचरण करता है, परन्तु अव्यक्त उसे नहीं जानता। अक्षर जिसका शरीर है, जो अक्षर के भीतर संचरण करता है, पर अक्षर उसे नहीं जानता। मृत्यु जिसका शरीर है, जो मृत्यु के भीतर संचरण करता है, पर मृत्यु उसे नहीं जानता। वह जो सर्वभूतों का अन्तरात्मा है, जो पापों को नष्ट करने वाला है, वह दिव्य देव एक नारायण ही है। 'मैं और मेरा'—इस प्रकार का भाव जो देह, इन्द्रियादि अनात्म वस्तुओं में होता है, यह तो एक अध्यास है (भ्रम ही है)। विद्वान् को चाहिए कि वह इसे अपनी ब्रह्मदृष्टि के द्वारा दूर ही कर दे।

ज्ञात्वा स्वं प्रत्यगात्मानं बुद्धितद्वृत्तिसाक्षिणम् ।
सोऽहमित्येव तद्वृत्त्या स्वान्यत्रात्ममतिं त्यजेत् ॥2॥

बुद्धि और बुद्धि की वृत्तियों के साक्षीरूप अपने प्रत्यक् (भीतर रहे हुए) आत्मतत्त्व को जानकर, 'मैं वही हूँ' इस प्रकार की तादात्म्य वृत्ति के द्वारा अपने आत्मा से अलग होने वाली बुद्धि को छोड़ ही देना चाहिए।

लोकानुवर्तनं त्यक्त्वा त्यक्त्वा देहानुवर्तनम् ।
शास्त्रानुवर्तनं त्यक्त्वा स्वाध्यासापनयं कुरु ॥3॥

लौकिक आचारों को, शारीरिक आचारों को तथा शास्त्रविहित आचारों (कर्मों) को छोड़कर के अपने अध्यास (भ्रम) को दूर ही कर दो। (आत्मज्ञान नहीं होने तक ही सब व्यवहार हैं, साधना के बल से ये व्यवहार क्रमशः छूटते जाते हैं)।

स्वात्मन्येव सदा स्थित्वा मनो नश्यति योगिनः ।
युक्त्या श्रुत्या निजानुभूत्या ज्ञात्वा सार्वात्म्यमात्मना ॥4॥
निद्रायाः लोकवार्तायाः शब्दादेरात्मविस्मृतेः ।
क्वचित्क्वचित्क्षणं त्यक्त्वा चिन्तयात्मानमात्मनि ॥5॥
मातापित्रोर्मलोद्भूतं मलमांसमयं वपुः ।
त्यक्त्वा चण्डालवद्दूरं ब्रह्मीभूय कृती भव ॥6॥
घटाकाशं महाकाश इवात्मानं परात्मनि ।
विलाप्याखण्डभावेन तूष्णीं भव सदा मुने ॥7॥

अपने आत्मा में ही सदा स्थिर हो जाने से योगी का मन नष्ट हो जाता है। वह योगी श्रुति द्वारा, युक्तियों (तर्कों) के द्वारा और अपनी अनुभूतियों के द्वारा अपने आप ही आत्मा की सर्वात्मता को जान

लेता है। तुम अपने जीवन में निद्रा को, लोकवार्ता (किंवदन्तियों) को, शब्दादि को और आत्मविस्मृति को कभी भी अवसर न दो और अपने आत्मा के द्वारा आत्मा में ही चिन्तन किया करो। यह शरीर माता-पिता के मल से ही उत्पन्न हुआ है। इसे चण्डाल का-सा समझ कर दूर फेंक दो और ब्रह्मरूप होकर धन्य-धन्य हो जाओ। जिस प्रकार घटाकाश महाकाश में विलीन हो जाता है, उसी प्रकार तुम अपने आत्मा को परमात्मा में विलीन करके अखण्ड भाव से हे मुनि मौन ही रहो।

स्वप्रकाशमधिष्ठानं स्वयंभूय सदात्मना ।
ब्रह्माण्डमपि पिण्डाण्डं त्यज्यतां मलभाण्डवत् ॥8॥
चिदात्मनि सदानन्दे देहरूढामहंधियम् ।
निवेश्य लिङ्गमुत्सृज्य केवलो भव सर्वदा ॥9॥
यत्रैष जगदाभासो दर्पणान्तःपुरं यथा ।
तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा कृतकृत्यो भवानघ ॥10॥
अहङ्कारग्रहान्मुक्तः स्वरूपमुपपद्यते ।
चन्द्रवद्विमलः पूर्णः सदानन्दः स्वयंप्रभः ॥11॥

अपने सत् स्वरूप आत्मा के द्वारा तुम स्वप्रकाशरूप, सर्वाधिष्ठान रूप ब्रह्म स्वयं ही बनकर इस सारे ब्रह्माण्ड के पिण्डरूपी अण्डे को भी विष्टा के घड़े की तरह छोड़ ही दो। अपने देह पर सवार हुई अहंभाव की वृत्ति को तुम सदानन्दस्वरूप ऐसे उस चिदानन्द में प्रवेश कराकर और किसी भी चिह्न को छोड़कर हमेशा केवल एकमात्र ही बने रहो। जहाँ जगत् का यह आभास दिखाई पड़ता है, वह तो अन्तःपुर के दर्पण की तरह ही है (अर्थात् अन्तःकरण का ही प्रतिबिम्ब है)। इस सबको 'यह केवल ब्रह्म ही है' ऐसा मानकर तुम कृतकृत्य हो जाओ। जो मनुष्य अहंकार के ग्रह से मुक्त होता है, वह अपने निजी स्वरूप को प्राप्त हो जाता है। वह चन्द्र की तरह विमल, पूर्ण, सदानन्दमय और स्वयं-प्रकाश होता है।

क्रियानाशाद्भवेच्चिन्तानाशोऽस्माद्वासनाक्षयः ।
वासनाप्रक्षयो मोक्षः सा जीवन्मुक्तिरिष्यते ॥12॥
सर्वत्र सर्वतः सर्वब्रह्ममात्रावलोकनम् ।
सत्त्वभावनादाढ्यद्वासनालयमश्नुते ॥13॥
प्रमादो ब्रह्मनिष्ठायां न कर्तव्यः कदाचन ।
प्रमादो मृत्युरित्याहुर्विद्वांसो ब्रह्मवादिनः ॥14॥
यथाऽपकृष्टं शैवालं क्षणमात्रं न तिष्ठति ।
आवृणोति तथा माया प्राज्ञं वाऽपि पराङ्मुखम् ॥15॥

क्रिया (कर्मों) के नाश से चिन्ताओं का नाश हो जाता है और चिन्ताओं के नाश से वासनाओं का क्षय हो जाता है। और जो मोक्ष है वह वासनाओं का प्रकृष्ट (निःशेष) क्षयरूप ही है। वही जीवन्मुक्ति भी कही जाती है। सभी स्थानों में चारों ओर जो सर्वव्यापक ब्रह्मतत्त्व को ही देखता है, वह सत् रूप की भावना का दृढ़ीकरण करने से वासनाओं के क्षय को उत्पन्न करता है। इस ब्रह्मनिष्ठा में कभी भी प्रमाद नहीं करना चाहिए। ब्रह्मवादियों ने ब्रह्मनिष्ठा में प्रमाद करने को मृत्यु कहा है। जिस प्रकार खींचा गया शैवाल एक क्षणमात्र भी टिकता नहीं है, उसी प्रकार बुद्धिमान मनुष्य यदि ब्रह्मनिष्ठा से थोड़ा भी हट जाता है, तो माया उसे तुरन्त ही आवृत कर देती है।

जीवतो यस्य कैवल्यं विदेहोऽपि स केवलः ।
समाधिनिष्ठतामेत्य निर्विकल्पो भवानघ ॥16॥
अज्ञानहृदयग्रन्थेर्निःशेषविलयस्तदा ।
समाधिनाऽविकल्पेन यदाऽद्वैतात्मदर्शनम् ॥17॥
अत्रात्मत्वं दृढीकुर्वन्नहमादिषु सन्त्यजन् ।
उदासीनतया तेषु तिष्ठेद्घटपटादिवत् ॥18॥
ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तं मृषामात्रा उपाधयः ।
ततः पूर्णं स्वमात्मानं पश्येदेकात्मना स्थितम् ॥19॥

जीवित अवस्था में ही जिसको कैवल्य प्राप्त हो गया है, वह देहान्त के बाद भी मुक्त ही है। इसलिए हे अनघ ! तुम समाधिनिष्ठता को प्राप्त करके निर्विकल्प ही हो जाओ। ऐसा होने पर तुम्हारे अज्ञान के द्वारा हृदय में जो ग्रन्थि थी, उसका विलय हो जाएगा। जब निर्विकल्प समाधि के द्वारा तुम्हें अद्वैत का आत्मदर्शन होगा, तब ऐसा होगा। इसी में आत्मा को दृढीभूत करके, अहमादि का परित्याग करके उनमें घट-पट आदि की तरह उदासीनता की ही भावना रखो। ब्रह्म से लेकर स्थाणुपर्यन्त सब केवल वृथा ही हैं, वे उपाधिमात्र ही हैं। इसलिए अपने आत्मा द्वारा अपने ही पूर्ण आत्मा को अवस्थित जान लेना (देख लेना) चाहिए।

स्वयं ब्रह्मा स्वयं विष्णुः स्वयमिन्द्रः स्वयं शिवः ।
स्वयं विश्वमिदं सर्वं स्वस्मादन्यन्न किञ्चन ॥20॥
स्वात्मन्यारोपिताशेषाभासवस्तुनिरासतः ।
स्वयमेव परं ब्रह्म पूर्णमद्वयमक्रियम् ॥21॥
असत्कल्पो विकल्पोऽयं विश्वमित्येकवस्तुनि ।
निर्विकारे निराकारे निर्विशेषे भिदा कुतः ॥22॥
द्रष्टृदर्शनदृश्यादिभावशून्ये निरामये ।
कल्पार्णव इवात्यन्तं परिपूर्णे चिदात्मनि ॥23॥
तेजसीव तमो यत्र विलीनं भ्रान्तिकारणम् ।
अद्वितीये परे तत्त्वे निर्विशेषे भिदा कुतः ॥24॥

यह आत्मा ही स्वयं ब्रह्मा है, यही स्वयं विष्णु है, यही स्वयं इन्द्र है और शिव है। सारा विश्व भी यही आत्मा है। इससे अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं। इस आत्मा में आरोपित किए गए सभी पदार्थों के निरास कर देने से अद्वितीय पूर्ण, स्वयं ब्रह्म ही निष्क्रिय (शान्त) रूप से अवशिष्ट रहेगा। यह जो विश्व दीखता है, वह तो एक असत् के समान विकल्प (भेद) ही है, एक ही ब्रह्म में वह आरोपित भेद है, शेष तो निराकार, निर्विशेष और निर्विकार ब्रह्म में भेद भला कैसे हो सकता है ? द्रष्टा, दृश्य और दर्शन के भाव से शून्य और निष्कलंक, कल्पसरोवर की तरह अत्यन्त परिपूर्ण चिदात्मा, जिसमें जैसे तेज में अन्धकार विलीन हो जाता है वैसे ही सब कुछ विलीन हो जाता है, जो भ्रम (विश्वभ्रम) का कारण (अधिष्ठान और उपादान) है, ऐसे अद्वितीय, निर्विशेष परमतत्त्व में भेद कैसे हो सकता है ?

एकात्मके परे तत्त्वे भेदकर्ता कथं वसेत् ।
सुषुप्तौ सुखमात्रायां भेदः केनाऽवलोकितः ॥25॥
चित्तमूलो विकल्पोऽयं चित्ताभावे न कश्चन ।
अतश्चित्तं समाधेहि प्रत्यग्रूपे परात्मनि ॥26॥

अखण्डानन्दमात्मानं विज्ञाय स्वस्वरूपतः ।
बहिरन्तः सदानन्दरसास्वादनमात्मनि ॥27॥
वैराग्यस्य फलं बोधो बोधस्योपरतिः फलम् ।
स्वानन्दानुभवाच्छान्तिरेषैवोपरतेः फलम् ॥28॥

एकात्मक परमतत्त्व में भेदकर्ता भला कैसे रह सकता है ? केवल सुखमात्रमय सुषुप्ति में किसी ने भेद को देखा है क्या ? इस सब भेदभाव का मूल तो चित्त ही है। चित्त के अभाव में कोई भेदभाव नहीं होता। इसलिए चित्त को प्रत्यक् रूप परमात्मा में स्थिर कर दो। अखण्डानन्दरूप परम आत्मा को अपने ही स्वरूप में पहचानकर, बाहर और भीतर सदा आनन्द रस का आस्वादन भी आत्मा में ही करो। वैराग्य का फ़ल ज्ञान है, ज्ञान का फल उपरति है, और उपरति का फल आत्मानुभव से (आत्मानुभव के आनंद से) प्राप्त होने वाली शान्ति है।

यद्युत्तरोत्तराभावे पूर्वपूर्वं तु निष्फलम् ।
निवृत्तिः परमा तृप्तिरानन्दोऽनुपमः स्वतः ॥29॥
मायोपाधिर्जगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षणः ।
पारोक्ष्यशबलः सत्याद्यात्मकस्तत्पदाभिधः ॥30॥
आलम्बनतया भाति योऽस्मत्प्रत्ययशब्दयोः ।
अन्तःकरणसम्भिन्नबोधः स त्वम्पदाभिधः ॥31॥
मायाऽविद्ये विहायैव उपाधी परजीवयोः ।
अखण्डं सच्चिदानन्दं परं ब्रह्म विलक्ष्यते ॥32॥

उत्तरोत्तर वस्तुओं के अभाव में अर्थात् उत्तर की वस्तु अपने से पूर्व की वस्तु को निष्फल कर देती है अथवा उत्तर वस्तु के आ जाने से पहली वस्तु का कोई मूल्य नहीं रहता। इसलिए निवृत्ति ही परम परितोष है, परम आनन्द है और वह स्वयंभू और अनुपम है। मायोपाधिक चैतन्य ही जगत् का कारण है और वह सर्वज्ञत्व आदि लक्षणों से युक्त है। वह परोक्षता से शबलित है और वह सत्य आदि स्वरूप वाला है। वही 'तत्त्वमसि' महावाक्य के 'तत्' पद का वाचक है। जो अस्मत् (मैं) शब्द और अर्थ के आलम्बनरूप में अन्तःकरण से भिन्न रूप में मालूम पड़ता है, वह उसी महावाक्य के 'त्वं' पद का वाचक है। परमतत्त्व की माया की तथा जीव की अविद्या की उपाधियों को छोड़कर ही अखण्ड परब्रह्म की लक्षणा की जाती है।

इत्थं वाक्यैस्तदर्थानुसन्धानं श्रवणं भवेत् ।
युक्त्या सम्भावितत्वानुसन्धानं मननं तु तत् ॥33॥
ताभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे चेतसः स्थापितस्य तत् ।
एकतानत्वमेतद्धि निदिध्यासनमुच्यते ॥34॥
ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद्ध्येयैकगोचरम् ।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते ॥35॥
वृत्तयस्तु तदानीमप्यज्ञाता आत्मगोचराः ।
स्मरणादनुमीयन्ते व्युत्थितस्य समुत्थिताः ॥36॥

इस प्रकार वाक्यों से ऐसा अनुसन्धान करना 'श्रवण' कहलाता है। और युक्तियों (तर्कों) से उस अर्थ की संभाविता का अनुसन्धान करना 'मनन' कहलाता है। उन दोनों से निश्चित किए गए अर्थ पर चित्त को स्थापित करके एकतानता (एकाग्रता) करना 'निदिध्यासन' कहलाता है। ध्याता और ध्यान का

विचार छोड़कर धीरे-धीरे चित्त वायुहीन प्रदेश में रखे गए दीपक की तरह केवल ध्येयमात्र को जब गोचर (विषय) करता हो, तब उसे समाधि कहा जाता है। वृत्तियाँ तो तब भी होती हैं, पर वे अज्ञात होती हैं और आत्मविषयक होती हैं। वे वृत्तियाँ अनुमान से जानी जाती हैं क्योंकि समाधि से उठे हुए योगी को उनका स्मरण तो होता है। (स्मरणरूपी हेतु से वृत्तियों का अनुमान होता है।)

अनादाविह संसारे संचिताः कर्मकोटयः।
अनेन विलयं यान्ति शुद्धो धर्मोऽभिवर्धते ॥37॥
धर्ममेघमिमं प्राहुः समाधिं योगवित्तमाः।
वर्षत्येष यथा धर्मामृतधाराः सहस्त्रशः ॥38॥
अमुना वासनाजाले निःशेषं प्रविलापिते।
समूलोन्मूलिते पुण्यपापाख्ये कर्मसञ्चये ॥39॥
वाक्यमप्रतिबद्धं सत् प्राक् परोक्षावभासते।
करामलकवद्बोधमपरोक्षं प्रसूयते ॥40॥

इस समाधि के द्वारा इस अनादि संसार में एकत्र हुई कर्म कोटियाँ विलीन हो जाती हैं और शुद्ध धर्म की वृद्धि होती है। योग को अच्छी तरह जानने वालों ने इस समाधि को 'धर्ममेघ' नाम दिया है। क्योंकि यह समाधि हजारों धर्मामृत की धाराएँ बरसाती है। जब इसके द्वारा वासनाओं का जाल पूर्णरूप से विलुप्त किया जाता है, और जब पुण्य और पापरूप कर्मों का संचय मूलसहित उखाड़ दिया जाता है, तब पहले तत्त्वमस्यादि वाक्यों के द्वारा परोक्ष रूप से अवभासित तत्त्व में वाक्य प्रतिबद्ध (आवरण) रहित हो जाता है और हाथ में आँवले के फल की भाँति अपरोक्ष बोध उत्पन्न कर देता है।

वासनाऽनुदयो भोग्ये वैराग्यस्य तदाऽवधिः।
अहंभावोदयाभावो बोधस्य परमावधिः ॥41॥
लीनवृत्तेरनुत्पत्तिर्मर्यादोपरतेस्तु सा।
स्थितप्रज्ञो यतिरयं यः सदानन्दमश्नुते ॥42॥
ब्रह्मण्येव विलीनात्मा निर्विकारो विनिष्क्रियः।
ब्रह्मात्मनोः शोधितयोरेकभावावगाहिनी ॥43॥
निर्विकल्पा च चिन्मात्रा वृत्तिः प्रज्ञेति कथ्यते।
सा सर्वदा भवेद्यस्य स जीवन्मुक्त इष्यते ॥44॥

वासनाओं का उदय ही न होना, यह वैराग्य की सीमा है और अहंभाव का उदय न होना, यह ज्ञान की चरम सीमा है। लीन हुई वृत्तियों का फिर से उदय न होना ही उपरति की सीमा है। इस तरह स्थितप्रज्ञ मुनि सदा आनन्द को भोगता है। उसका आत्मा ब्रह्म में ही विलीन हो गया है, वह निर्विकारी और विनिष्क्रिय हो जाता है। ब्रह्म और आत्मा के एकत्व के अनुसन्धान में लीन हुई वृत्ति जब किसी विकल्प से रहित और केवल चैतन्यरूप ही बन जाती है तब उसे 'प्रज्ञा' कहा जाता है। जिसमें यह प्रज्ञा सदा विद्यमान रहती है वह जीवन्मुक्त कहलाता है।

देहेन्द्रियेष्वहंभाव इदंभावस्तदन्यके।
यस्य नो भवतः क्वापि स जीवन्मुक्त इष्यते ॥45॥
न प्रत्यग्ब्रह्मणोर्भेदं कदाऽपि ब्रह्मसर्गयोः।
प्रज्ञया यो विजानाति स जीवन्मुक्त इष्यते ॥46॥

साधुभिः पूज्यमानेऽस्मिन् पीड्यमानेऽपि दुर्जनैः।
समभावो भवेद्यस्य स जीवन्मुक्त इष्यते ॥47॥
विज्ञातब्रह्मतत्त्वस्य यथापूर्वं न संसृतिः।
अस्ति चेन्न स विज्ञातब्रह्मभावो बहिर्मुखः ॥48॥

देह इन्द्रियादि में जिसको अहंभाव नहीं होता और उनसे अतिरिक्त पदार्थों में जिसको 'इदंभाव' (परभाव) कहीं भी नहीं होता, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। एक ही ब्रह्म से उत्पन्न हुए प्रत्यगात्मा और ब्रह्म—इन दोनों के बीच जो अपनी प्रज्ञा के द्वारा कभी भी भेद नहीं मानता, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जो मनुष्य साधुओं के द्वारा पूजित होने पर अथवा दुर्जनों के द्वारा पीड़ित किए जाने पर भी दोनों में एक समान भाव ही रखता हो, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। जिसने ब्रह्मतत्त्व को जान लिया है, उसके लिए यह सृष्टि पहले जैसी नहीं होती। यदि संसार उसे पहले की भाँति ही मालूम होता हो, तो वह ब्रह्मतत्त्व का विज्ञाता नहीं है, अपितु केवल बहिर्मुख है—ऐसा समझना चाहिए।

सुखाद्यनुभवो यावत् तावत् प्रारब्धमिष्यते।
फलोदयः क्रियापूर्वो निष्क्रियो न हि कुत्रचित् ॥49॥
अहं ब्रह्मेति विज्ञानात् कल्पकोटिशतार्जितम्।
सञ्चितं विलयं याति प्रबोधात् स्वप्नकर्मवत् ॥50॥
स्वमसङ्गमुदासीनं परिज्ञाय नभो यथा।
न श्लिष्यते यतिः किञ्चित् कदाचिद्धाविकर्मभिः ॥51॥
न नभो घटयोगेन सुरागन्धेन लिप्यते।
तथाऽऽत्मोपाधियोगेन तद्धर्मैर्नैव लिप्यते ॥52॥

सुखादि का जो अनुभव होता है, वह किसी प्रारब्ध कर्म का ही फल है, ऐसा मानना चाहिए, क्योंकि जो फल का उदय होता है, उसके पहले कोई न कोई कर्म अवश्य ही होता है, बिना कर्म किए तो कोई फल उत्पन्न ही नहीं होता। 'मैं ब्रह्म हूँ'—इस ज्ञान से करोड़ों कल्पों से संचित किया गया कर्म-समूह विलीन हो जाता है। जैसे जागने पर स्वप्न विलीन हो जाता है, वैसे ही ब्रह्मबोध होने पर ऐसा कर्मनाश (संचितकर्मनाश) हो जाता है। अपने आपको असंग और उदासीन जानकर योगी आकाश की तरह भावी कर्मों के साथ कदापि थोड़ा-सा भी लिप्त नहीं होता। आकाश घड़े के संयोग होने पर घड़े में रही हुई मदिरा से थोड़ा भी लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार आत्मा भी उपाधि के योग से उपाधि के धर्मवाला नहीं हो जाता। उपाधि के धर्म से लिप्त नहीं होता।

ज्ञानोदयात् पुराऽऽरब्धं कर्म ज्ञानान्न नश्यति।
अदत्त्वा स्वफलं लक्ष्यमुद्दिश्योत्सृष्टबाणवत् ॥53॥
व्याघ्रबुद्ध्या विनिर्मुक्तो बाणः पश्चात्तु गोमतौ।
न तिष्ठति भिनत्त्येव लक्ष्यं वेगेन निर्भरम् ॥54॥
अजरोऽस्म्यमरोऽस्मीति य आत्मानं प्रपद्यते।
तदात्मना तिष्ठतोऽस्य कुतः प्रारब्धकल्पना ॥55॥
प्रारब्धं सिध्यति तदा यदा देहात्मना स्थितिः।
देहात्मभावो नैवेष्टः प्रारब्धं त्यज्यतामतः ॥56॥

ज्ञान के उदय से पहले आरंभ किया हुआ कर्म ज्ञान से नष्ट नहीं किया जा सकता। वह अपने फल को दिये बिना नष्ट नहीं हो सकता। वह जैसे लक्ष्य को उद्दिष्ट करके बाण फेंका गया हो, ऐसा

होता है। 'यह बाघ है' ऐसा मानकर उसे लक्ष्य करके छोड़ा गया बाण बाद में 'यह तो बाघ नहीं, गाय है'—ऐसा समझ में आने पर भी वह छोड़ा गया बाण तो रुकेगा ही नहीं, वह तो वेग से जाकर अपने लक्ष्य को भेदेगा ही। 'मैं अजर हूँ, मैं अमर हूँ'—इस प्रकार जो आत्मा को जानता है और अपने आपको उसी स्वरूप में अवस्थित रखने वाले योगी को प्रारब्ध की क्या कल्पना या विचार हो सकता है ? प्रारब्ध की सिद्धि तो तभी होती है, जब देह को आत्मा मानने की स्थिति होती है। और देह को आत्मा मान लेना तो इष्ट (योग्य) है ही नहीं। इसलिए प्रारब्ध को तो छोड़ ही दो।

प्रारब्धकल्पनाऽप्यस्य देहस्य भ्रान्तिरेव हि ॥57॥
अध्यस्तस्य कुतस्तत्त्वमसत्यस्य कुतो जनिः।
अजातस्य कुतो नाशः प्रारब्धमसतः कुतः ॥58॥
ज्ञानेनाज्ञानकार्यस्य समूलस्य लयो यदि।
तिष्ठत्ययं कथं देह इति शङ्कावतो जडान् ॥59॥
समाधातुं बाह्यदृष्ट्या प्रारब्धं वदति श्रुतिः।
न तु देहादिसत्यत्वबोधनाय विपश्चिताम् ॥60॥

और इस देह में प्रारब्ध की सिद्धिकल्पना भी तो एक भ्रान्ति ही है। अध्यस्त पदार्थ की यथार्थता ही कहाँ है ? और असत्य का जन्म ही कैसे हो सकता है ? और जो जन्मा ही नहीं है उनका नाश भी तो कैसे हो सकता है ? और असत् का प्रारब्ध कैसे हो सकता है ? "यदि ज्ञान से अज्ञान के कार्यों का समूल नाश हो जाता है, तो यह अज्ञानजन्य देह कैसे अस्तित्व रख सकता है ?" इस प्रकार की शंका करने वाले जड़ पुरुषों के समाधान के लिए ही केवल बाह्य दृष्टि से ही श्रुति ने प्रारब्ध की बात कही है। यह बात श्रुति ने देहादि की सत्यता प्रतिपादित करने के लिए नहीं कही है। यह बात ज्ञानियों के लिए नहीं है। ब्रह्म तो एक ही है।

परिपूर्णमनाद्यन्तमप्रमेयमविक्रियम्।
सद्घनं चिद्घनं नित्यमानन्दघनमव्ययम् ॥61॥
प्रत्यगेकरसं पूर्णमनन्तं सर्वतोमुखम्।
अहेयमनुपादेयमनाधेयमनाश्रयम् ॥62॥
निर्गुणं निष्क्रियं सूक्ष्मं निर्विकल्पं निरञ्जनम्।
अनिरूप्यस्वरूपं यन्मनोवाचामगोचरम् ॥63॥
सत्समृद्धं स्वतःसिद्धं शुद्धं बुद्धमनीदृशम्।
एकमेवाद्वयं ब्रह्म नेह नानाऽस्ति किञ्चन ॥64॥
स्वानुभूत्या स्वयं ज्ञात्वा स्वमात्मानमखण्डितम्।
स सिद्धः सुसुखं तिष्ठन् निर्विकल्पात्मनाऽऽत्मनि ॥65॥

वह (ब्रह्म) परिपूर्ण, अनादि, अनन्त, अप्रमेय, अविकारी और सघन सद्रूप, सघन चिद्रूप, सदा सघन आनन्दरूप, अव्यय, प्रत्यग् (भीतर अनुस्यूत), एकरस, पूर्ण, अनन्त, सर्वतोमुख, अत्याज्य और अग्राह्य भी, किसी का अवलम्बन न करने वाला, किसी का आश्रय न लेने वाला, गुणरहित, क्रियारहित, सूक्ष्म, विकल्परहित, निर्दोष (निष्कलंक), जिसका स्वरूप निरूपित न किया जा सके ऐसा, और जो मन और वाणी का विषय नहीं हो सकता है, ऐसा है। जो सत् है, समृद्ध है, स्वतःसिद्ध है, शुद्ध और बुद्ध है, जो अतुलनीय है, एक अद्वैत ब्रह्म ही है। यहाँ कुछ भी अलग है ही नहीं। ऐसे ब्रह्म को अपनी ही अनुभूति से आप ही अपने आत्मा को अखण्डित जानकर ज्ञानी मनुष्य सिद्ध हो जाता है। तुम ऐसे ही सिद्ध पुरुष बन जाओ और निर्विकल्परूप आत्मा से अपने आत्मा में बहुत ही सुखपूर्वक रहो।

क्व गतं केन वा नीतं कुत्र लीनमिदं जगत्।
अधुनैव मया दृष्टं नास्ति किं महदद्भुतम् ॥66॥
किं हेयं किमुपादेयं किमन्यत् किं विलक्षणम्।
अखण्डानन्दपीयूषपूर्णब्रह्ममहार्णवे ॥67॥
न किञ्चिदत्र पश्यामि न शृणोमि न वेद्म्यहम्।
स्वात्मनैव सदानन्दरूपेणास्मि स्वलक्षणः ॥68॥
असङ्गोऽहमनङ्गोऽहमलिङ्गोऽहमहं हरिः।
प्रशान्तोऽहमनन्तोऽहं परिपूर्णश्चिरन्तनः ॥69॥

यह जगत् कहाँ गया ? कौन इसे ले गया ? यह कहाँ लीन हो गया ? मैं तो अभी उसे देख रहा था, वह चला गया ! यह तो बड़ी विचित्र (अद्भुत) बात है ! इस अखण्ड ब्रह्मरूपी अमृत से भरे हुए महासागर में छोड़नेयोग्य या ग्रहण करने के योग्य हो ही क्या सकता है ? यहाँ पराया है ही क्या ? यहाँ विलक्षण है ही क्या ? मैं तो यहाँ और कुछ देखता ही नहीं हूँ, सुनता ही नहीं हूँ, जानता भी नहीं हूँ, मैं तो सदानन्दरूप आत्मा के द्वारा ही स्वलक्षण बना हुआ हूँ। मैं संगरहित हूँ, अंगरहित हूँ, लिंगरहित हूँ, मैं हरि हूँ, मैं प्रशान्त हूँ, अनन्त हूँ, परिपूर्ण हूँ, और मैं प्राचीन से भी प्राचीन हूँ।

अकर्ताऽहमभोक्ताऽहमविकारोऽहमव्ययः।
शुद्धबोधस्वरूपोऽहं केवलोऽहं सदाशिवः ॥70॥

मैं अकर्ता हूँ, मैं अभोक्ता हूँ, मैं अविकारी हूँ, अव्यय हूँ, शुद्ध हूँ, ज्ञानस्वरूप हूँ, और मैं केवल सदाशिव हूँ।

एतां विद्यामपान्तरतमाय ददौ। अपान्तरतमो ब्रह्मणे ददौ। ब्रह्मा घोराङ्गिरसे ददौ। घोराङ्गिरा रैक्वाय ददौ। रैक्वो रामाय ददौ। रामः सर्वेभ्यो भूतेभ्यो ददावित्येतन्निर्वाणानुशासनं वेदानुशासनं वेदानुशासनमित्युपनिषत् ॥71॥

इत्यध्यात्मोपनिषत्समाप्ता।

सदाशिव ने यह विद्या अपान्तरतम नाम के ब्राह्मण को दी थी। बाद में अपान्तरतम ने ब्रह्मा को दी। ब्रह्मा ने यह विद्या घोर अंगिरस को और घोर अंगिरस ने रैक्व को दी। रैक्व ने राम को दी। राम ने सभी प्राणियों को दी। यह निर्वाण (मोक्ष) प्राप्त करने का अनुशासन (शिक्षण) है। यह वेद का अनुशासन है। और वेद का आदेश है।

इस प्रकार अध्यात्मोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं---पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(76) कुण्डिकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

सामवेद से सम्बद्ध इस उपनिषत् में प्रारंभ में तो तेरह मंत्रों तक गृहस्थाश्रमी के जीवन पर प्रकाश डाला गया है। और बाद में गृहस्थाश्रम का उत्तरदायित्व पूरा करके संन्यासी की अन्तर्मुखी साधनाओं की बात कही गई है। इसमें ऐसा कहा गया है कि पहले जप-ध्यान आदि के द्वारा अपने में ब्राह्मी चेतना के अवतरण के लिए जो प्रक्रिया है, उसे जान लेना चाहिए। और बाद में उसे सर्वत्र आत्मचेतना के रूप में संव्याप्त हो, ऐसा अनुभव करना चाहिए। इसके बाद तन्मात्राओं के संयम के द्वारा अनाहत नाद के माध्यम से जीवचेतना को ऊँचे उठाने की साधना करनी चाहिए। इस विशिष्ट साधना का यहाँ क्रमपूर्वक वर्णन किया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि—ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

ब्रह्मचर्याश्रमे क्षीणे गुरुशुश्रूषणे रतः।
वेदानधीत्यानुज्ञात उच्यते गुरुणाश्रमी ॥1॥
दारमाहृत्य सदृशमग्निमाधाय शक्तितः।
ब्राह्मीमिष्टिं यजेत्तासामहोरात्रेण निर्वपेत् ॥2॥
संविभज्य सुतानर्थे ग्राम्यकामान्विसृज्य च।
संचरन्वनमार्गेण शुचौ देशे परिभ्रमन् ॥3॥
वायुभक्षोऽम्बुभक्षो वा विहितैः कन्दमूलकैः।
स्वशरीरे समाप्याथ पृथिव्यां नाश्रु पातयेत् ॥4॥

जब ब्रह्मचर्याश्रम का समय पूर्ण होता है, तब वेदों को पढ़कर गुरु की सेवा में तल्लीन ऐसे शिष्य को गुरु 'आश्रमी' नाम से कहते हैं। ऐसे आश्रमी को गुरु भावी जीवन की शिक्षा देते हुए कहते हैं कि बुद्धिमान मनुष्य को फिर अपने घर में स्त्री को लाकर अपनी शक्ति के अनुसार अग्नि को ग्रहण करके ब्रह्मयज्ञ में तत्पर रहकर अपना जीवन बिताना चाहिए। इसके बाद अपने धन का अपने पुत्रों में बँटवारा करके ग्राम से सम्बन्धित अपने सभी कार्यों को अपने पुत्रों को सौंपकर तीर्थक्षेत्रादि पवित्र स्थानों में भ्रमण करते हुए वन के लिए प्रस्थान करना चाहिए। संन्यासी को वायु का भक्षण करते हुए या जल भक्षण करते हुए या शास्त्रविहित कन्द-मूल-फलों के द्वारा ही जीवननिर्वाह करते हुए रहना चाहिए। किन्तु सम्पूर्ण संसार को अपने शरीर में ही समाप्त करके इसके लिए पृथ्वी पर आँसू नहीं बहाने चाहिए।

सह तेनैव पुरुषः कथं संन्यस्त उच्यते।
सनामधेयो यस्मिंस्तु कथं संन्यस्त उच्यते ॥5॥

तस्मात्फलविशुद्धाङ्गी संन्यासं संहितात्मनाम्।
अग्निवर्णं विनिष्क्रम्य वानप्रस्थं प्रपद्यते ॥6॥
लोकवद्भार्ययाऽऽसक्तो वनं गच्छति संयतः।
संत्यक्त्वा संसृतिसुखमनुतिष्ठति किं मुधा ॥7॥
किंवा दुःखमनुस्मृत्य भोगांस्त्यजति चोच्छ्रितान्।
गर्भवासभयाद्भीतः शीतोष्णाभ्यां तथैव च ॥8॥

परन्तु पूर्वोक्त आचरण करने से ही संन्यास कैसे हो सकता है (और भी बहुत कुछ करना शेष रहा है)। केवल नाममात्र कह देने से कैसे संन्यास कहा जा सकता है ? (आगे बहुत कुछ करने का होता है)। इसके लिए फल की इच्छा न रखते हुए संन्यास धर्म से मुक्ति प्राप्त करके वर्णाश्रम व्यवस्था और अग्नि का परित्याग करते हुए वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करना चाहिए। साधारण लोगों की ही तरह भार्या में असक्त (आसक्तिरहित) होकर संयमी बनकर पहले वन में जाना पड़ता है। और बाद में जब संसार के सुख छोड़ ही दिए हैं तब और अनुष्ठानों की क्या आवश्यकता है ? वे मिथ्या ही हैं। अथवा तो गर्भवास से डरा हुआ मनुष्य सर्दी, गर्मी, सुख-दुःख आदि से भयभीत होकर सांसारिक भोगों का त्याग क्यों कर देता है ? (जब कि वह कर्मफल त्याग से विशुद्ध अंग वाला होकर रह जाता है।)

गुह्यं प्रवेष्टुमिच्छामि परं पदमनामयमिति। संन्यस्याग्निमपुनरावर्तनं यन्मृत्युर्जायमावहमिति। अथाध्यात्ममन्त्राञ्जपेत्। दीक्षामुपेयात्काषाय-वासाः। कक्षोपस्थलोमानि वर्जयेत्। ऊर्ध्वबाहुर्विमुक्तमार्गो भवति। अनिकेतश्चरेद्भिक्षाशी। निदिध्यासनं दध्यात्। पवित्रं धारयेज्जन्तु-संरक्षणार्थम्। तदपि श्लोका भवन्ति—
कुण्डिकां चमसं शिक्यं त्रिविष्टपमुपानहौ।
शीतोपघातिनीं कन्थां कौपीनाच्छादनं तथा ॥9॥
पवित्रं स्नानशाटीं च उत्तरासङ्गमेव च।
अतोऽतिरिक्तं यत्किञ्चित्सर्वं तद्वर्जयेद्यतिः ॥10॥

संन्यासी चाहता है कि 'मैं गुह्य स्थान में प्रविष्ट होऊँ, मैं अनामय परम पद को प्राप्त होऊँ'। मैं अग्नि का त्याग करके अपुनरावर्तन (मोक्ष) को चाहता हूँ, मैं मृत्यु पर विजय करूँगा।' ऐसी इच्छा करते हुए उसे अध्यात्म मन्त्रों का जाप करना चाहिए। बाद में काषाय (भगवे) वस्त्रों को धारण करके दीक्षा लेनी चाहिए। कोंख और उपस्थ के बालों को छोड़कर अन्य सभी बालों को दूर करना (क्षौरकर्म करना) चाहिए। अपने दोनों हाथों को ऊँचा करके वह बाद में अपनी इच्छानुसार भ्रमण करता है। अनिकेत रहकर भिक्षा का अन्न खाते हुए भ्रमण करता रहता है। उसे निदिध्यासन करते रहना चाहिए। जन्तुओं के रक्षण के लिए उसे पवित्री (ज्ञान) धारण करते रहना चाहिए। यहाँ पर ये श्लोक कहा है कि—'कमण्डलु, चमस, छींका, त्रिविष्टप, जूते, शीत दूर करने के लिए गुदड़ी, कौपीन, धोती और अंगोछा अपने पास रखना चाहिए। इन वस्तुओं के अतिरिक्त अन्य सभी वस्तुओं का संन्यासी को त्याग कर देना चाहिए।'

नदीपुलिनशायी स्याद्देवागारेषु बाह्यतः।
नात्यर्थं सुखदुःखाभ्यां शरीरमुपतापयेत् ॥11॥

स्नानं पानं तथा शौचमद्भिः पूताभिराचरेत् ।
स्तूयमानो न तुष्येत निन्दितो न शपेत्परान् ॥12॥
भिक्षादिवैदलं पात्रं स्नानद्रव्यमवारितम् ।
एवं वृत्तिमुपासीनो यतेन्द्रियो जपेत्सदा॥13॥

उस संन्यासी को नदी के तट पर या तो किसी देवालय के बाहर के भाग में सोना चाहिए। अति सुख अथवा तो अति दुःख से शरीर को उत्तापित नहीं करना चाहिए। स्नान, पान और शौच, शुद्ध पानी से करना चाहिए। किसी द्वारा स्तुति की जाने पर संतोष (प्रसन्नता) और निन्दा करने पर दूसरों को शाप नहीं देना चाहिए। भिक्षादि के लिए पात्र तथा स्नान के लिए जल जहाँ कहीं से भी मिले, प्राप्त कर लेना चाहिए। इस तरह का आचरण स्वीकार करके उसे उदासीन और संयतेन्द्रिय रहकर सदैव जप करते रहना चाहिए।

विश्वाय मनुसंयोगं मनसा भावयेत्सुधीः। आकाशाद्वायुर्वायोर्ज्योति-
र्ज्योतिष आपोऽद्भ्यः पृथिवी। एतेषां भूतानां ब्रह्म प्रपद्ये। अजरम-
मरमक्षरमव्ययं प्रपद्ये।
मय्यखण्डसुखाम्भोधौ बहुधा विश्ववीचयः ।
उत्पद्यन्ते विलीयन्ते मायामारुतविभ्रमात् ॥14॥

उस बड़े बुद्धिशाली संन्यासी को मन में ऐसी भावना करनी चाहिए कि यह विश्वरूप ब्रह्म और मनु—प्रणवमंत्र—दोनों एक ही हैं। आकाश से वायु, वायु से तेज, तेज से जल, जल से पृथ्वी—इन सब भूतों में जो अविनश्वर ब्रह्मतत्त्व है, सर्वत्र व्याप्त है, ऐसे उस ब्रह्मतत्त्व को मैं प्राप्त हुआ हूँ। अजर, अमर, अक्षर, अव्यय को मैं प्राप्त हुआ हूँ। मैं अखण्ड सुख का समुद्र हूँ। मायारूपी पवन से मुझमें बहुत-सी लहरें उठती रहती हैं और विलीन भी होती रहती हैं।

न मे देहेन सम्बन्धो मेघेनेव विहायसः ।
अतः कुतो मे तद्धर्मा जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु ॥15॥
आकाशवत्कल्पविदूरगोऽहमादित्यवद्भास्यविलक्षणोऽहम् ।
अहार्यवन्नित्यविनिश्चलोऽहमम्भोधिवत्पारविवर्जितोऽहम् ॥16॥
नारायणोऽहं नरकान्तकोऽहं पुरान्तकोऽहं पुरुषोऽहमीशः ।
अखण्डबोधोऽहमशेषसाक्षी निरीश्वरोऽहं निरहं च निर्ममः ॥17॥

जिस प्रकार से आकाश का बादलों से कोई सम्बन्ध नहीं है, उसी प्रकार मेरा भी देह के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है। इसलिए जाग्रत् स्वप्न और सुषुप्ति में भी देह के धर्म मुझमें कैसे आ सकते हैं ? मैं तो आकाश की तरह कल्पनाओं से (या विभाजनादि से) बहुत ही परे हूँ। मैं सूर्य ही तरह अन्य भास्य पदार्थों से विलक्षण ही हूँ, क्योंकि मैं भास्य नहीं, भासक हूँ। मैं पर्वत की तरह निश्चल और स्थिर रहता हूँ और सागर की भाँति मैं पारविहीन (अनन्त) हूँ। मैं नारायण हूँ, नरकासुर का नाशक हूँ, त्रिपुरासुर का काल हूँ, मैं पुरुष हूँ, मैं ईश्वर हूँ, मैं अखण्ड ज्ञानस्वरूप हूँ, मैं सर्वसाक्षी हूँ, मेरा कोई ईश्वर (स्वामी) नहीं है, मैं अहंकाररहित हूँ, मैं ममत्वरहित हूँ।

तदभ्यासेन प्राणापानौ संयम्य तत्र श्लोका भवन्ति—
वृषणापानयोर्मध्ये पाणी आस्थाय संश्रयेत् ।
सन्दश्य शनकैर्जिह्वां यवमात्रे विनिर्गताम् ॥18॥

माषमात्रां तथा दृष्टिं श्रोत्रे स्थाप्य तथा भुवि ।
श्रवणे नासिके गन्धा यतः स्वं न च संश्रयेत् ॥19॥
अथ शैवपदं यत्र तद्ब्रह्म ब्रह्म तत्परम् ।
तदभ्यासेन लभ्येत पूर्वजन्मार्जितात्मनाम् ॥20॥
सम्भूतैर्वायुसंश्रावैर्हृदयं तप उच्यते ।
ऊर्ध्वं प्रपद्यते देहाद्भित्त्वा मूर्धानमव्ययम् ॥21॥

अब प्राण और अपान को संयम में रखकर उसके अभ्यास के द्वारा जो होता है, इसके बारे में ये श्लोक कहे जा रहे हैं—वृषण और गुदा के बीच में दोनों हाथ रखें और दाँतों से जीभ को धीरे-धीरे दबाते हुए उसे एक यवमात्र के बराबर बाहर निकालें। तथा दृष्टि को उड़द के दाने के बराबर लक्ष्यानुसन्धान करके पृथ्वी पर, श्रोत्राकाश में और धरती पर (दो पैरों पर) संस्थापित करें, जिससे कि श्रवण में शब्द तथा नासिका में गन्ध स्थापित न हो सके। (तात्पर्य यह है कि इस योगाभ्यास से इन्द्रियों और विषयों का सम्पर्क टूट जाता है, और प्राण-अपान का ऐक्य हो जाता है, तब कुण्डलिनी सुषुम्ना को भेद कर सहस्रार में जाकर लीन हो जाती है।) और तब जो वहाँ शैवपद है, उसमें प्राणादि सब कुछ विलीन हो जाते हैं। वह ब्रह्म है, परब्रह्म है। यह ब्रह्म पूर्व जन्मों में किए हुए कर्मफल वाले मनुष्यों को योग के अभ्यास से प्राप्त हो जाता है। वायु के नाद का जो भीतर में प्रकटीकरण होता है, वही हृदय का तप कहलाता है। वह शरीर को भेदकर ऊपर की ओर जाता हुआ मूर्धा को भेदकर उसके परे अव्यय ब्रह्म को प्राप्त कर लेता है।

स्वदेहस्य तु मूर्धानं ये प्राप्य परमां गतिम् ।
भूयस्ते न निवर्तन्ते परावरविदो जनाः ॥22॥
न साक्षिणं साक्ष्यधर्माः संस्पृशन्ति विलक्षणम् ।
अविकारमुदासीनं गृहधर्माः प्रदीपवत् ॥23॥
जले वापि स्थले वापि लुठत्वेष जडात्मकः ।
नाहं विलिप्ये तद्धर्मैर्घटधर्मैर्नभो यथा ॥24॥
निष्क्रियोऽस्म्यविकारोऽस्मि निष्कलोऽस्मि निराकृतिः ।
निर्विकल्पोऽस्मि नित्योऽस्मि निरालम्बोऽस्मि निर्द्वयः ॥25॥
सर्वात्मकोऽहं सर्वोऽहं सर्वातीतोऽहमद्वयः ।
केवलाखण्डबोधोऽहं स्वानन्दोऽहं निरन्तरः ॥26॥

अपने इस देह में रहते हुए जो लोग मूर्धा को भेदकर परमगति को प्राप्त कर लेते हैं, वे फिर कभी इस संसार में पुनः नहीं लौटते, उन्होंने परात्पर तत्त्व को जान लिया होता है। साक्ष्य के धर्म, साक्ष्य से विलक्षण साक्षी को स्पर्श नहीं कर सकते। साक्षी तो घर के दीपक की तरह ही अविकारी और उदासीन ही होता है, घर के दीपक को घर के धर्म स्पर्श नहीं करते। यह जड़रूप शरीर चाहे जल में या स्थल में लोटा करे, पर जैसे घट के धर्मों से आकाश लिप्त नहीं होता, वैसे ही मैं भी इनके धर्मों से विलिप्त नहीं होता। मैं तो निष्क्रिय हूँ, अविकारी हूँ, अंशरहित हूँ, निराकार हूँ, भेदरहित हूँ, नित्य हूँ, आलम्बनरहित हूँ, द्वैतरहित हूँ, मैं सर्वात्मक हूँ, मैं सर्वमय हूँ, सबसे परे हूँ, अद्वैत हूँ, मैं केवल—एकमात्र हूँ, मैं अखण्ड ज्ञानस्वरूप हूँ, मैं आत्माराम हूँ, आत्मानन्द हूँ, मैं सर्वत्र समरस (सघन) हूँ।

स्वमेव सर्वतः पश्यन्मन्यमानः स्वमद्वयम् ।
स्वानन्दमनुभुञ्जानो निर्विकल्पो भवाम्यहम् ॥26॥
गच्छंस्तिष्ठन्नुपविशञ्छयानो वाऽन्यथाऽपि वा ।
यथेच्छया वसेद्विद्वानात्मारामः सदा मुनिरित्युपनिषत् ॥27॥

इति कुण्डिकोपनिषत्समाप्ता ।

मैं हमेशा अपने आपको ही देखा करता हूँ। और अपने आपको अद्वैत ही मानता हूँ। अपने आप में ही आनन्द को भोगता हुआ मैं विकल्परहित हो जाता हूँ। जाते हुए, खड़े रहते हुए, बैठते और सोते हुए भी या और कोई कार्य करते हुए भी ऐसा विचार करने वाला विद्वान् योगी (संन्यासी) अपनी इच्छा के अनुसार जहाँ कहीं भी रहता है वह आत्मा में ही रमण करता रहता है।

इस प्रकार कुण्डिकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि---ते मयि सन्तु । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(77) सावित्र्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

सामवेद से सम्बद्ध यह उपनिषत् बहुत ही छोटी है। इसमें सविता-सावित्री के विविध रूपों की परिकल्पना और फिर उनमें एकत्व होने की बात कही गई है। प्रथम सविता-सावित्री का युगल और उनके बीच कार्य-कारण सम्बन्ध बताया गया है। और आगे सावित्री के तीन पद, सावित्रीविद्या के प्रतिफल, तज्जन्य मृत्युविजय, बला-अतिबला मंत्रों का निरूपण और अन्त में इस उपनिषत् की महिमा की गई है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि---ते मयि सन्तु । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

कः सविता का सावित्री ? अग्निरेव सविता पृथिवी सावित्री स यत्राग्निस्तत् पृथिवी यत्र वा पृथिवी तत्राग्निस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥1॥
कः सविता का सावित्री ? वरुण एव सविताऽऽपः सावित्री स यत्र वरुणस्तदापो यत्र वा आपस्तद्वरुणस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥2॥
कः सविता का सावित्री ? वायुरेव सविताऽऽकाशः सावित्री स यत्र वायुस्तदाकाशो यत्र वा आकाशस्तद्वायुस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥3॥
कः सविता का सावित्री ? यज्ञ एव सविता छन्दांसि सावित्री स यत्र यज्ञस्तच्छन्दांसि यत्र वा छन्दांसि स यज्ञस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥4॥
कः सविता का सावित्री ? स्तनयित्नुरेव सविता विद्युत् सावित्री स यत्र स्तनयित्नुस्तद्विद्युत् यत्र वा विद्युत्तत्स्तनयित्नुस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥5॥
कः सविता का सावित्री ? आदित्य एव सविता द्यौः सावित्री स यत्रादित्यस्तद्द्यौर्यत्र वा द्यौस्तदादित्यस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥6॥
कः सविता का सावित्री ? चन्द्र एव सविता नक्षत्राणि सावित्री स यत्र चन्द्रस्तन्नक्षत्राणि यत्र वा नक्षत्राणि स चन्द्रमास्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥7॥
कः सविता का सावित्री ? मन एव सविता वाक् सावित्री स यत्र वा मनस्तद्वाक् यत्र वा वाक् तन्मनस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥8॥

कः सविता का सावित्री ? पुरुष एव सविता स्त्री सावित्री स यत्र पुरुषस्तत् स्त्री यत्र वा स्त्री तत् पुरुषस्ते द्वे योनिस्तदेकं मिथुनम् ॥9॥

सविता कौन है और सावित्री कौन है ? अग्नि ही सविता है, पृथ्वी ही सावित्री है। ये अग्निदेव जहाँ पर स्थित हैं, पृथ्वी भी वहाँ पर स्थित है और जहाँ पृथ्वी है, वहीं अग्नि भी है, ये दोनों विश्व की योनि (उत्पत्ति) स्थल हैं। इन दोनों का एक युग्म है। सविता और सावित्री कौन है ? वरुण सविता और जल सावित्री है। जहाँ वरुण होते हैं, वहाँ जल होता है और जहाँ जल होता है वहाँ वरुण होते हैं, ये दोनों भी विश्व का उत्पत्ति-स्थान है। इन दोनों का युग्म है। सविता और सावित्री कौन हैं ? वायु सविता है और आकाश सावित्री है, जहाँ वायु होता है वहाँ आकाश होता है और जहाँ आकाश होता है, वहाँ वायु होता है, ये दोनों जगत् के उत्पत्ति-स्थान हैं, दोनों का एक युग्म है। सविता और सावित्री कौन-कौन है ? यज्ञ सविता है और छन्द सावित्री है, जहाँ यज्ञ होता है वहाँ छन्द होते हैं और जहाँ छन्द होते हैं और वहाँ यज्ञ होते हैं, ये दोनों जगत् की योनि (उत्पत्तिस्थान) हैं, दोनों का एक युग्म होता है। सविता कौन है ? सावित्री कौन है ? गर्जनशील मेघ ही सविता है और विद्युत् सावित्री है। जहाँ गरजते मेघ होते हैं वहाँ बिजली होती है और जहाँ बिजली होती है, वहाँ गरजते बादल होते हैं, दोनों विश्व की योनि (उत्पत्तिस्थान) हैं, दोनों का एक युग्म होता है। सविता कौन है ? सावित्री कौन है ? आदित्य ही सविता है और द्युलोक ही सावित्री है। जहाँ आदित्य होता है, वहाँ द्युलोक भी होता है और जहाँ द्युलोक होता है, वहाँ आदित्य भी रहता है, ये दोनों ही इस विश्व की योनि हैं, दोनों का एक युग्म होता है। सविता कौन है ? सावित्री कौन है ? चन्द्र ही सविता है, नक्षत्र ही सावित्री हैं। जहाँ चन्द्र होता है वहाँ नक्षत्र रहते हैं और जहाँ नक्षत्र रहते हैं, वहाँ चन्द्र रहता है, ये दोनों विश्व की योनि हैं, इन दोनों एक युग्म होता है। सविता कौन है ? सावित्री कौन है ? मन ही सविता है और वाक् ही सावित्री है। जहाँ मन होता है वहाँ वाक् होती है और जहाँ वाक् होती है वहाँ मन रहता है, ये दोनों विश्व की योनि होते हैं, दोनों का एक युग्म होता है। सविता कौन है ? सावित्री कौन है ? पुरुष ही सविता है और स्त्री ही सावित्री है। जहाँ पर पुरुष होता है, वहाँ पर स्त्री होती है और जहाँ पर स्त्री होती है, वहाँ पर पुरुष होता है, ये दोनों जगत् की योनि है, इन दोनों का भी एक युग्म होता है।

तस्या एव प्रथमः पादो भूस्तत्सवितुर्वरेण्यमित्यग्निर्वै वरेण्यमापो वरेण्यं चन्द्रमा वरेण्यम् ॥10॥
तस्या एव द्वितीयः पादो भर्गमयोऽपो भुवो भर्गो देवस्य धीमहित्यग्निर्वै भर्ग आदित्यो वै भर्गश्चन्द्रमा वै भर्गः ॥11॥
तस्या एव तृतीयः पादः स्वर्धियो यो नः प्रचोदयादिति स्त्री चैव पुरुषश्च प्रजनयतः ॥12॥
यो वा एतां सावित्रीमेवं वेद स पुनर्मृत्युं जयति ॥13॥

इस महाशक्ति सावित्री का प्रथमपाद 'भूः' = अर्थात् 'तत्सवितुर्वरेण्यम्' है। अग्नि वरणीय है, जल वरणीय है, चन्द्रमा वरणीय है (वरण करने योग्य है)। सावित्री का दूसरा पाद तेजोमय जल 'भुवः' है = अर्थात् 'भर्गो देवस्य धीमहि' है। अग्नि ही वह भर्ग (तेज) है, आदित्य ही वह भर्ग (तेज) है। उस सावित्री महाशक्ति का तीसरा पाद 'स्वः' = अर्थात् 'धियो यो नः प्रयोदयात्' है। स्त्री और पुरुष धर्मानुसार प्रजोत्पादन करते हैं। जो मनुष्य सावित्री को इस प्रकार जानता है, वह फिर से मृत्यु को प्राप्त नहीं करता। वह मृत्युंजय है।

बलातिबलयोर्विराट् पुरुष ऋषिः। गायत्री छन्दः। गायत्री देवता। अकारोकारमकारा बीजाद्याः। क्षुधाऽऽदिनिरसने विनियोगः। क्लीमित्यादि षडङ्गं न्यासः। ध्यानम्—
अमृतकरतलाग्रौ सर्वसंजीवनाढ्या-
वघहरणसुदक्षौ वेदसारे मयूखे।
प्रणवमयविकारौ भास्कराकारदेहौ
सततमनुभवेऽहं तौ बलातिबलान्तौ ॥
ॐ ह्रीं बले महादेवि ह्रीं महाबले क्लीं चतुर्विधपुरुषार्थसिद्धिप्रदे तत्सवितुर्वरदात्मिके ह्रीं वरेण्यं भर्गो देवस्य वरदात्मिके अतिबले सर्वदयामूर्ते बले सर्वक्षुच्छ्रमोपनाशिनी धीमहि धियो यो नर्जाते प्रचुर्या या प्रचोदयात्मिके प्रणवशिरस्कात्मिके हुं फट् स्वाहा ॥14॥
एवं विद्वान् कृतकृत्यो भवति सावित्र्या एव सलोकतां नयतीत्युपनिषत् ॥15॥

इति सावित्र्याख्योपनित्समाप्ता।

बला और अतिबला—दोनों विद्याओं के ऋषि विराट् पुरुष हैं, गायत्री छन्द है, गायत्री देवता हैं। अकार, उकार और मकार क्रमशः बीज, शक्ति और कीलक है। क्षुधा आदि के निरसन में इसका विनियोग होता है। क्लीं इत्यादि व्याहृतियों से इसमें षडंगन्यास किया जाता है। ध्यानमंत्र इस प्रकार है—जो अमृत के द्वारा भीगे हो गए हैं, जो सभी तरह की संजीवनी शक्तियों से ओतप्रोत हुए हैं, जो पापों को दूर करने के लिए पूर्णतया समर्थ हैं, जो वेदों के सारस्वरूप, रश्मिमयात्मक हैं, जो प्रणवमय परिणाम से युक्त हैं, जिनका आकार (तेज) सूर्य के समान है। उन बला और अतिबला विद्या के अधिष्ठानरूप—अधिष्ठाता देवरूपों को मैं सतत अनुभव करता हूँ। बला और अतिबला विद्या का मंत्र इस प्रकार है—'ॐ ह्रीं बले महादेवि ह्रीं महाबले' आदि पूरा रहस्य मंत्र (ॐ ह्रीं बले से लेकर फट् स्वाहा तक) ऊपर मूल में दिया गया है। इस प्रकार इस सावित्री विद्या को जानने वाला पुरुष कृतकृत्य हो जाता है। वह सावित्रीलोक को प्राप्त हो जाता है।

इस प्रकार सावित्र्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि...ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(78) आत्मोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् अथर्ववेदीय परंपरा की है। इसमें आत्मतत्त्व के भिन्न-भिन्न स्वरूपों की (आत्मा-अन्तरात्मा-परमात्मा की) चर्चा की है। शरीर और इन्द्रियों में सक्रिय चैतन्य को आत्मा कहा जाता है। प्रकृति के विविध घटकों में अनुस्यूत चैतन्य को अन्तरात्मा कहा जाता है और इन सभी से परे रहने वाले चैतन्य को परमात्मा कहा जाता है। उसी परात्पर चैतन्य को ही ब्रह्म कहा गया है। जैसे सूर्य राहुग्रस्त दीखता है पर वास्तव में वह ग्रस्त नहीं होता, वैसे ही ब्रह्म मायाग्रस्त केवल दीखता है, वास्तव में ग्रस्त है नहीं। उपनिषद् में इस प्रकार सूर्यग्रहण का उदाहरण देकर पारमार्थिकता स्पष्ट कर दी है। रज्जुसर्प और साँप की केंचुली के उदाहरण से भी आत्मा की वास्तविक नित्यमुक्तता को समझाया गया है। अन्वर्थक विशेषणों और उपमाओं से अच्छा स्पष्टीकरण किया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः...देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथाङ्गिरास्त्रिविधः पुरुषोऽजायतात्माऽन्तरात्मा परमात्मा चेति ॥1-1॥
त्वक् चर्ममांसरोमाङ्गुष्ठाङ्गुल्यः पृष्ठवंशनखगुल्फोदरनाभिमेढ्रकट्यूरुक-पोलश्रोत्रभ्रूललाटबाहुपार्श्वशिरोऽक्षीणि भवन्ति जायते म्रियत इत्येष बाह्यात्मा ॥1-2॥

अंग, अंगी तथा अंगज्ञ रूप से यह पुरुष (परमात्मा) तीन रूपों में प्रकट हुआ—आत्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा। उनमें जो त्वक् (त्वचा), चर्म, मांस, रोंगटे, अँगूठा, अँगुलियाँ, पीठ, नख, टखनों, उदर, नाभि, जननेन्द्रिय, कटि, जाँघ, कपोल, कान, भौंह, मस्तक, भुजाओं, पार्श्वभाग, सिर, आँखों आदि के (स्थूल शरीर के) माध्यम से जन्म और मरण के चक्कर में घूमा करता है वह बाह्यचेतन 'आत्मा' कहलाता है। (और—)

अथान्तरात्मा नाम पृथिव्यापस्तेजोवायुराकाशेच्छाद्वेषसुखदुःखकाममोह-विकल्पनादिभिः स्मृतिलिङ्गोदात्तानुदात्तह्रस्वदीर्घप्लुतस्खलितगर्जित-स्फुटितमुदितनृत्तगीतवादित्रप्रलयविजृम्भितादिभिः श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्त्ता विज्ञानात्मा पुरुषः पुराणन्यायमीमांसाधर्मशास्त्राणीति श्रवणघ्राणाकर्षणकर्मविशेषणं करोत्येषोऽन्तरात्मा ॥1-3॥

सभी दृश्य पदार्थों में अदृश्य रूप में अनुस्यूत जो 'अन्तरात्मा' वह है कि—पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख, मोह, विकल्पन आदि गुणों के माध्यम से तथा स्मृति, लिंग, उदात्त, अनुदात्त, ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत अदि स्वरों के भेद के माध्यम से, तथा स्खलित, गर्जित, स्फुटित,

मुदित, नृत्य, गीत, वादित्र, प्रलय, विजृम्भित आदि के द्वारा सुनने वाला, सूँघने वाला, रस लेने वाला, मानने वाला, जानने वाला, करने वाला विज्ञानात्मा पुरुष होता है। जो पुराण, न्याय, मीमांसा आदि शास्त्रों और धर्मशास्त्रों का ज्ञाता होता है। वह श्रवण, घ्राण (सूँघना), आकर्षण आदि को पूर्ण करता है यही अन्तरात्मा कहा जाता है।

अथ परमात्मा नाम यथाक्षर उपासनीयः। स च प्राणायामप्रत्याहार-धारणाध्यानसमाधियोगानुमानाध्यात्मचिन्तकं वटकणिका वा श्यामा-कतण्डुलो वा बालाग्रशतसहस्रविकल्पनाभिः स लभ्यते नोपलभ्यते न जायते न म्रियते न शुष्यति न क्लिद्यते न दह्यति न कम्पते न भिद्यते न च्छिद्यते निर्गुणः साक्षीभूतः शुद्धो निरवयवात्मा केवलः सूक्ष्मो निर्ममो निरञ्जनो निर्विकारः शब्दस्पर्शरूपरसगन्धवर्जितो निर्विकल्पो निरा-काङ्क्षः सर्वव्यापी सोऽचिन्त्यो निर्वर्ण्यश्च पुनात्यशुद्धान्यपूतानि। निष्क्रियस्तस्य संसारो नास्ति ॥1-4॥

अब जो परमात्मा है, वह अक्षररूप में (अविनाशी रूप में, अथवा ॐकार के रूप में) आराध्य होता है। यह परमात्मा प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि, योग, अनुमान, आत्मचिन्तन, आदि के द्वारा प्राप्त किया भी जाता है और नहीं भी किया जाता है। क्योंकि वह सूक्ष्मति सूक्ष्म है जैसे वट का बीज हो, जैसे श्यामक ताण्डुल (साँवा चावल) हो, जैसे सूक्ष्म बाल की नोक के सैंकड़ों-सहस्रों टुकड़ों से भी कुछ सूक्ष्म हो, ऐसा यह परमात्मा लभ्य भी है और अलभ्य भी है। यह परमात्मा न जन्मता है, न मरता है, न सूख जाता है, न भीगा होता है, न जलता है, न काँपता है, न भेदा जाता है, न छेदा जाता है, वह निर्गुण है, वह केवल साक्षी है, शुद्ध है, अवयवरहित है, केवल एक आत्मा है। वह सूक्ष्म, ममत्वरहित, निरंजन, निर्विकार, शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध से हीन, विकल्परहित, आकांक्षारहित, सर्वव्यापक, अचिन्त्य और अवर्णनीय है। ऐसा वह परमात्मा वह अशुद्धों को शुद्ध और अपवित्रों को पवित्र बना देता है। वह निष्क्रिय है। उसका कोई संसार नहीं है।

आत्मसंज्ञः शिवः शुद्ध एक एवाद्वयः सदा।
ब्रह्मरूपतया ब्रह्म केवलं प्रतिभासते ॥1॥
जगद्रूपतयाप्येतद्ब्रह्मैव प्रतिभासते।
विद्याऽविद्यादिभेदेन भावाऽभावादिभेदतः ॥2॥
गुरुशिष्यादिभेदेन ब्रह्मैव प्रतिभासते।
ब्रह्मैव केवलं शुद्धं विद्यते तत्त्वदर्शने ॥3॥
न च विद्या न चाविद्या न जगच्च न चापरम्।
सत्यत्वेन जगद्भानं संसारस्य प्रवर्तकम् ॥4॥

आत्मनामधारी, शिवरूप, शुद्ध एकमात्र, सर्वदा अद्वैत, ब्रह्मरूप से केवल ब्रह्म ही अवभासित हो रहा है। जगत् के रूप में भी पारमार्थिक रूप में ब्रह्म ही प्रतिभासित हो रहा है। विद्या-अविद्या तथा भाव और अभाव आदि रूप में भी वास्तव में ब्रह्म ही प्रतिभासित हो रहा है। गुरु-शिष्य आदि के भेद में भी ब्रह्म ही प्रतिभासित हो रहा है। तात्त्विक (पारमार्थिक) दृष्टिकोण से तो केवल एक ब्रह्म ही है, केवल वही शुद्ध तत्व है। कोई विद्या नहीं है, कोई अविद्या भी नहीं है और भी कोई वस्तु सत्य है ही नहीं। यह जगत् भी सत्य नहीं है फिर भी इस जगत् में जो सत्यत्व का भान होता है, वही तो इस संसार का प्रवर्तक हेतु (कारण) है। (मिथ्या में सत्य का भान ही जगत् का प्रवर्तक तत्त्व है।)

असत्यत्वेन भानं तु संसारस्य निवर्तकम् ।
घटोऽयमिति विज्ञातुं नियमः कोन्वपेक्षते ॥5॥
विना प्रमाणसुष्ठुत्वं यस्मिन्सति पदार्थधीः ।
अयमात्मा नित्यसिद्धः प्रमाणे सति भासते ॥6॥
न देशं नापि कालं वा न शुद्धिं वाप्यपेक्षते ।
देवदत्तोऽहमित्येतद्विज्ञानं निरपेक्षकम् ॥7॥
तद्वद्ब्रह्मविदोऽप्यस्य ब्रह्माहमिति वेदनम् ।
भानुनेव जगत्सर्वं भास्यते यस्य तेजसा ॥8॥

'संसार असत् है'—ऐसा भान होना ही संसार का निवर्तक है। 'यह घड़ा है'—ऐसे प्रत्यक्ष और स्पष्ट भान में भला अन्य प्रमाण की अपेक्षा कौन करेगा ? किसी और अच्छे प्रमाण के बिना भी जिसके होने में पदार्थ की बुद्धि उत्पन्न हो ही जाती है और प्रमाण होने पर भी यह आत्मा नित्यसिद्ध है—ऐसा प्रकाश तो होता ही है। (प्रमाण होने या न होने से आत्मसिद्धि का कोई सम्बन्ध नहीं है।) यह आत्मसिद्धि किसी देश, काल या किसी शुद्धि की अपेक्षा नहीं करता। "मैं देवदत्त हूँ"—यह ज्ञान तो निरपेक्ष ही है। इसी प्रकार इस तत्त्व का भी "मैं ब्रह्म हूँ"—यह ब्रह्मज्ञानी का ज्ञान होता है। जैसे सूर्य से सकल जगत् तेज से भासित होता है, वैसे ब्रह्म से सब प्रकाशित है।

अनात्मकमसत्तुच्छं किं नु तस्यावभासकम् ।
वेदशास्त्रपुराणानि भूतानि सकलान्यपि ॥9॥
येनार्थवन्ति तं किं नु विज्ञातारं प्रकाशयेत् ।
क्षुधां देहव्यथां त्यक्त्वा बालः क्रीडति वस्तुनि ॥10॥
तथैव विद्वान् रमते निर्ममो निरहं सुखी ।
कामान्निष्कामरूपी संचरत्येकचरो मुनिः ॥11॥
स्वात्मनैव सदा तुष्टः स्वयं सर्वात्मना स्थितः ।
निर्धनोऽपि सदा तुष्टोऽप्यसहायो महाबलः ॥12॥

ब्रह्मसिद्धि के लिए कोई भी लौकिक प्रमाण तो अनात्मक, असत् और तुच्छ है। वह भला कैसे ब्रह्म का अवभासक हो सकता है ? सकल वेद, शास्त्र, पुराण तथा सभी प्राणी भी जिस तत्त्व से अर्थयुक्त (सार्थक) होते हैं ऐसे विज्ञाता (जानने वाले) को भला कैसे प्रकाशित कर सकता है ? जिस प्रकार कोई बालक अपनी भूख और शरीर की पीड़ा को भूलकर खिलौने के साथ खेलता रहता है, उसी प्रकार ममत्वरहित, अहंकाररहित तथा सुखी होकर विद्वान् (ब्रह्मज्ञानी) मुनि कामनाओं को भूलकर निष्कामरूपी और अकेला ही विचरण करता रहता है। वह अपने आत्मा में ही परितुष्ट होकर, सभी के आत्मा में स्वयं अवस्थित रहकर, निर्धन होते हुए भी संतोषी रहकर तथा निःसहाय होकर भी बलवान बनकर रहता है।

नित्यतृप्तोऽभ्यभुञ्जानोऽप्यसमः समदर्शनः ।
कुर्वन्नपि न कुर्वाणश्चाभोक्ता फलभोग्यपि ॥13॥
शरीर्यप्यशरीर्येष परिच्छिन्नोऽपि सर्वगः ।
अशरीरं सदा सन्तमिदं ब्रह्मविदं क्वचित् ॥14॥
प्रियाप्रिये न स्पृशतस्तथैव च शुभाशुभे ।
तमसा ग्रस्तवद्भानादग्रस्तोऽपि रविर्जनैः ॥15॥

ग्रस्त इत्युच्यते भ्रान्त्या ह्यज्ञात्वा वस्तुलक्षणम् ।
तद्वद्देहादिबन्धेभ्यो विमुक्तं ब्रह्मवित्तमम् ॥16॥

वह कुछ न खाते हुए भी नित्य तृप्त ही रहता है, वह सबसे विलक्षण होते हुए भी सबमें समान दृष्टि रखने वाला होता है। सब कुछ करते हुए भी वह कुछ भी नहीं करता, वह कर्मफलों को भोगते हुए भी स्वयं अभोक्ता ही रहता है। शरीरधारी होने पर भी वह अशरीरी ही है, वह सीमित दिखाई पड़ने पर भी असीम (सर्वव्यापक) है। इस प्रकार के शरीररहित इस ब्रह्मवादी को यह सब कहीं प्रिय और अप्रिय का स्पर्श या शुभ-अशुभ का स्पर्श नहीं होता। जैसे सूर्य अन्धकार से ग्रस्त न होने पर भी लोगों के द्वारा ग्रस्त रूप में देखा जाता है, भ्रान्ति से यह ग्रस्त है ऐसा सही वस्तु का लक्षण न जानने से भ्रम के द्वारा कहा जाता है, वैसे ही देहादि बन्धनों से विमुक्त श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञानी के बारे में भी लोग कहा करते हैं।

पश्यन्ति देहिवन्मूढाः शरीराभासदर्शनात् ।
अहिनिर्ल्वयनीवायं मुक्तदेहस्तु तिष्ठति ॥17॥
इतस्ततश्चाल्यमानो यत्किञ्चित्प्राणवायुना ।
स्रोतसा नीयते दारु यथा निम्नोन्नतस्थलम् ॥18॥
दैवेन नीयते देहो तथा कालोपभुक्तिषु ।
लक्ष्यालक्ष्यगतिं त्यक्त्वा यस्तिष्ठेत्केवलात्मना ॥19॥
शिव एव स्वयं साक्षादयं ब्रह्मविदुत्तमः ।
जीवन्नेव सदा मुक्तः कृतार्थो ब्रह्मवित्तमः ॥20॥

मूढ़ लोग ही शरीर के आभास के दर्शन से इस ब्रह्मज्ञानी को 'देहधारी' मानते हैं। पर यह ब्रह्मज्ञ तो कैंचुली को छोड़े हुए साँप की भाँति ही रहता है। यह ब्रह्मज्ञानी प्राणवायु के द्वारा थोड़ा-बहुत यों ही हिलाया-चलाया जाता है, जैसे कोई काष्ठ का टुकड़ा पानी के प्रवाह के द्वारा ऊँचे-नीचे स्थान में लाया जाता हो। इसी तरह ज्ञानी का देह भी जैसे दैव (भाग्य) के द्वारा सुख-दुःखादि सामयिक उपभोगों में खींचा जाता है, पर यह परम ज्ञानी तो सदैव शिव ही साक्षात् होता है। वह तो जीते जी मुक्त ही होता है। वह कृतार्थ ही होता है।

उपाधिनाशाद्ब्रह्मैव सद्ब्रह्माप्येति निर्द्वयम् ।
शैलूषो वेषसद्भावाभावयोश्च यथा पुमान् ॥21॥
तथैव ब्रह्मविच्छ्रेष्ठः सदा ब्रह्मैव नापरः ।
घटे नष्टे यथा व्योम व्योमैव भवति स्वयम् ॥22॥
तथैवोपाधिविलये ब्रह्मैव ब्रह्मवित्स्वयम् ।
क्षीरं क्षीरे यथा क्षिप्तं तैलं तैले जलं जले ॥23॥
संयुक्तमेकतां याति तथाऽऽत्मन्यात्मविन्मुनिः ।
एवं विदेहकैवल्यं सन्मात्रत्वमखण्डितम् ॥24॥

वह (ब्रह्मज्ञानी) उपाधियों के नाश होने पर तो ब्रह्म ही होकर अद्वैत ब्रह्म में ही मिल जाता है। जैसे कोई पुरुष केवल वेश पहनने से ही नट होता है, और वेश के अभाव में वही पुरुष हो जाता है, वैसे ही उत्तम ब्रह्मज्ञानी तो सदैव ब्रह्मज्ञ ही रहता है। घड़े के नाश हो जाने से घटाकाश वही मूल महाकाश ही हो जाता है। इसी प्रकार उपाधि के नाश हो जाने से ब्रह्मविद् स्वयं ब्रह्म ही हो जाता है। जैसे दूध में डाला हुआ दूध, तेल में डाला हुआ तेल तथा जल में डाला गया जल एकाकार हो जाता है, उसी प्रकार मुनि भी आत्मा को परमात्मा में एकाकार कर देता है। इस प्रकार आत्मा-परमात्मा की एकाकारता (एकता) ही 'विदेह-कैवल्य' कहलाती है। वह अखण्ड सन्मात्र का रूप है।

ब्रह्मभावं प्रपद्यैष यतिर्नावर्तते पुनः ।
सदात्मकत्वविज्ञानदग्धाविद्यादिवर्ष्मणः ॥25॥
अमुष्य ब्रह्मभूतत्वाद् ब्रह्मणः कुत उद्भवः ।
मायाक्लृप्तौ बन्धमोक्षौ न स्तः स्वात्मनि वस्तुतः ॥26॥
यथा रज्जौ निष्क्रियायां सर्पाभासविनिर्गमौ ।
आवृतेः सदसत्त्वाभ्यां वक्तव्ये बन्धमोक्षणे ॥27॥
नावृतिर्ब्रह्मणः काचिदन्याभावादनावृत्तम् ।
अस्तीति प्रत्ययो यश्च यश्च नास्तीति वस्तुनि ॥28॥

इस ब्रह्मभाव को प्राप्त करने के बाद यति इस संसार में वापस नहीं लौटता । क्योंकि सत् रूप आत्मतत्त्व के विज्ञान से उसका अविद्या आदि मैल नष्ट हो गया होता है । जब यह ब्रह्मभूत ही हो जाता है, तब ब्रह्म का तो फिर जन्म ही कैसे हो सकता है ? ये बन्ध और मोक्ष तो माया कल्पित ही हैं । वे दोनों वास्तविक रूप से ब्रह्म में हो ही नहीं सकते । जैसे निष्क्रिय ही रस्सी में साँप का भ्रम और भ्रम का निरास—दोनों होते हैं, इसी प्रकार सत् या असत् के आवरण से युक्त कहे जाने वाले ब्रह्म में बन्ध और मोक्ष कल्पित ही होते हैं (कहे जाते हैं) । ब्रह्म का तो कोई आवरण है ही नहीं, क्योंकि ब्रह्मातिरिक्त किसी अन्य वस्तु के अभाव से ब्रह्म तो सदैव अनावृत ही है । वस्तु 'है', या 'नहीं है'—यह तो केवल एक प्रत्ययमात्र (दिखावा) ही है ।

बुद्धेरेव गुणावेतौ न तु नित्यस्य वस्तुनः ।
अतस्तौ मायया क्लृप्तौ बन्धमोक्षौ न चात्मनि ॥29॥
निष्कले निष्क्रिये शान्ते निरवद्ये निरञ्जने ।
अद्वितीये परे तत्त्वे व्योमवत्कल्पना कुतः ॥30॥
न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥31॥

इत्यात्मोपनिषत्समाप्ता ।

और वे दोनों प्रत्यय (दोनों के होने न होने का भान) तो बुद्धि के ही दो गुण हैं, नित्य आत्मवस्तु के नहीं हैं । इसीलिए वे बन्ध और मोक्ष माया द्वारा कल्पित ही हैं । निरवयव (निरंश) शान्त, निष्क्रिय निष्कलंक, निरंजन, अद्वितीय, परम तत्त्व, आकाश जैसे ब्रह्म में ऐसी कल्पना कैसे की जा सकती है ? वास्तविक दृष्टि से कोई बन्धन नहीं है, कोई उत्पत्ति नहीं है, कोई बद्ध भी नहीं है, कोई साधक भी नहीं है, कोई मुमुक्षु भी नहीं है और कोई मुक्त भी नहीं है—यही परमार्थता है, यही सच्ची पारमार्थिक दृष्टि है ।

इस प्रकार आत्मोपनिषत् समाप्त होती है ।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(79) पाशुपतब्रह्मोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् अथर्ववेदीय है । इसे पूर्वकाण्ड और उत्तरकाण्ड—ऐसे दो काण्डों में बाँटा गया है । इसमें ऋषि वालखिल्य और ब्रह्माजी के बीच हंसविषयक प्रश्नोत्तर हैं । पूर्वकाण्ड में पहले जगन्नियन्ता के बारे में सात प्रश्न हैं, और उनके उत्तर भी हैं । बाद में सृष्टिरूपी यज्ञ में कर्ता का स्वरूप बताया गया है । नादानुसन्धान यज्ञ, परमात्मा का हंस रूप, यज्ञसूत्र, ब्रह्मसूत्र, प्रणवहंस की यज्ञता, ब्रह्मसन्ध्यादि क्रियारूप मनोयाग, हंस-प्रणवाभेद का अनुसन्धान, छियानबे सूत्र, हंसात्मविद्या का मुक्तिरूपत्व, बाह्य की अपेक्षा आन्तर् योग की श्रेष्ठता, ज्ञानयज्ञरूपी अश्वमेध, तारकहंसज्योति आदि विषय हैं । और उत्तरकाण्ड में अखण्डवृत्ति से ब्रह्मसम्पत्ति, परमात्मा में मायिक जगत्, हंसार्क प्रणव ध्यान की विधि, आत्मातिरिक्त सब कुछ की मायिकता, आत्मा में माया का वस्तुतः अभाव, आत्मज्ञानी की ब्रह्मरूपता, परविद्या का साधन, आत्मज्ञानी का वर्तन, स्थिति, आदि बहुत से विषयों का निर्देश किया गया है ।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है ।

पूर्वकाण्डः

अथ ह वै स्वयंभूर्ब्रह्मा प्रजाः सृजानीति कामकामो जायते कामेश्वरो वैश्रवणः ॥1॥
वैश्रवणो ब्रह्मपुत्रो वालखिल्यः स्वयंभुवं परिपृच्छति जगतां का विद्या का देवता जाग्रत्तुरीययोरस्य को देवो यानि कस्य वशानि कालाः कियत्प्रमाणाः कस्याज्ञया रविचन्द्रग्रहादयो भासन्ते कस्य महिमा गगनस्वरूप एतदहं श्रोतुमिच्छामि नान्यो जानाति त्वं ब्रूहि ब्रह्मन् ॥2॥

एक बार स्वयंभू ब्रह्मा के मन में 'मैं सृष्टि का सर्जन करूँ'—ऐसी कामना हुई । तब क्रमशः कामेश्वर (रुद्र) और वैश्रवण दोनों की उत्पत्ति हुई । इसके बाद ब्रह्मा के उस वैश्रवण यानी वालखिल्य नाम के पुत्र ने ब्रह्मा जी से प्रश्न किया कि—"हे भगवन् ! इस जगत् की विद्या कौन-सी है ? इसका देवता कौन है ? जाग्रत् और तुरीय का देव कौन है ? यह जगत् किसके वश में है ? काल के क्या और कितने प्रमाण हैं ? ये सूर्य, चन्द्र, ग्रह आदि किसकी आज्ञा से प्रकाशित हो रहे हैं ? किसकी

महिमा आकाश के समान विस्तृत (व्यापक) है ? यह सब मैं जानना चाहता हूँ। आपके सिवा और कोई यह जानता नहीं है, इसलिए आप ही मुझे यह बताइए।''

स्वयंभूरुवाच कृत्स्नजगतां मातृका विद्या ॥3॥
द्वित्रिवर्णसहिता द्विवर्णमाता त्रिवर्णसहिता।
चतुर्मात्रात्मकोङ्कारो मम प्राणात्मिका देवता ॥4॥
अहमेव जगत्त्रयस्यैकः पतिः ॥5॥
मम वशानि सर्वाणि युगान्यपि ॥6॥
अहोरात्रादयो मत्संवर्धिताः कालाः ॥7॥
मम रूपा रवेस्तेजश्चन्द्रनक्षत्रग्रहतेजांसि च ॥8॥
गगनो मम त्रिशक्तिमायास्वरूपो नान्यो मदस्ति ॥9॥
तमोमायात्मको रुद्रः सात्त्विकमायात्मको विष्णू राजसमायात्मको ब्रह्मा।
इन्द्रादयस्तामसराजसात्मिका न सात्त्विकः कोऽपि। अघोरः सर्व-
साधारणस्वरूपः ॥10॥

तब ब्रह्माजी ने कहा—इस समस्त जगत् को उत्पन्न करने वाली मातृका विद्या है। वह दो वर्णों से (हंस) युक्त है, और तीन वर्णों से (प्रणव) भी युक्त है। दो वर्णों से नापी गई यह विद्या तीन वर्ण सहित जो विद्या है, वही है। और चार मात्राओं से युक्त प्रणव मेरा प्राणदेवता हैं। मैं अकेला ही इन तीनों लोकों का पालक और पोषक हूँ। समस्त युग भी मेरे ही वश में रहते हैं। मेरे द्वारा ही ये दिन-रात आदि कालमान पैदा होते हैं। सूर्य, चन्द्र, तारों आदि में जो तेज दिखाई पड़ता है, वह मेरा ही तेज है। यह आकाश भी मेरी ही सत्त्व, रजस् और तमस्—इन तीन शक्तियों वाली माया के रूप में मेरा ही स्वरूप है। मेरे सिवा और कुछ भी नहीं है। तमोगुणी मायारूप रुद्र है, सत्त्वगुणी मायारूप विष्णु है और रजोगुणी माया रूप ब्रह्मा है। और इन्द्र आदि देव तामस-राजस माया वाले हैं, इनमें कोई भी सात्त्विक नहीं है। केवल अघोर (शिव) जो हैं, वे सर्वसाधारण स्वरूप हैं।

समस्तयागानां रुद्रः पशुपतिः कर्ता। रुद्रो यागदेवो विष्णुरध्वर्युर्होतेन्द्रो
देवता यज्ञभुग् मानसं ब्रह्म महेश्वरं ब्रह्म ॥11॥
मानसो हंसः सोऽहं हंस इति। तन्मययज्ञो नादानुसन्धानम्। तन्मय-
विकारो जीवः ॥12॥
परमात्मस्वरूपो हंसः। अन्तर्बहिश्चरति हंसः। अन्तर्गतोऽनवकाशान्त-
र्गतसुपर्णस्वरूपो हंसः ॥13॥
षण्णवतितत्त्वतन्तुवद्व्यक्तं चित्सूत्रत्रयचिन्मयलक्षणं नवतत्त्वत्रिरावृतं
ब्रह्मविष्णुमहेश्वरात्मकमग्नित्रयकलोपेतं चिद्ग्रन्थिबन्धनम् अद्वैत-
ग्रन्थिः ॥14॥
यज्ञसाधारणाङ्गं बहिरन्तर्ज्वलनं यज्ञाङ्गलक्षणब्रह्मस्वरूपो हंसः ॥15॥

समस्त यज्ञों के कर्ता पशुपति भगवान् रुद्र हैं। रुद्र यज्ञदेव, विष्णु अध्वर्यु, इन्द्र होता और महेश्वर ब्रह्म का मानस रूप है। जो ब्रह्म है, वही इस यज्ञ के भोक्ता हैं। इस मानस ब्रह्म का रूप ही 'हंसः सोऽहम्' है। इस प्रकार की तन्मयता के लिए जो यज्ञ सम्पन्न किया जाता है, उसी को नादानुसन्धान कहा जाता है। और उस चैतन्यमयता का विकार ही जीव है। वह हंस परमात्मा का

ही स्वरूप है। यह हंस भीतर-बाहर विचरण करता रहता है। यह हंस भीतर के अनवकाश वाले मायाग्रसित स्थल में सुपर्णमय (ब्रह्म या ईश्वर) सदा वर्तमान होता है। जो यज्ञोपवीत है, वह भी ब्रह्मरूप ही है, जैसे वह भी छियानबे तन्तुरूपी तत्त्वों से ब्रह्म की तरह व्यक्त होता है। वह भी सत्, चित्, आनन्दरूपी तीन लक्षणरूपी तन्तुओं वाला होता है। त्रिगुणित होने से नौ तत्त्वों वाला, ब्रह्मा-विष्णु-महेश रूप तीन अग्नियों वाला, चिद् ग्रन्थियों से बँधा हुआ, अद्वैत रूप ब्रह्मग्रन्थि से युक्त यज्ञ के सामान्य अंगरूप में बाह्य तथा अन्तःकरण को प्रकाशित करने वाला यज्ञोपवीत ब्रह्मलक्षण-युक्त हंसरूप ही है।

उपवीतलक्षणसूत्रब्रह्मगा यज्ञाः। ब्रह्माङ्गलक्षणयुक्तो यज्ञसूत्रम्। तद्-
ब्रह्मसूत्रम्। यज्ञसूत्रसम्बन्धी ब्रह्मयज्ञः तत्स्वरूपः ॥16॥
अङ्गानि मात्राणि। मनोयज्ञस्य हंसो यज्ञसूत्रम्। प्रणवं ब्रह्मसूत्रं ब्रह्मयज्ञ-
मयम्। प्रणवान्तर्वर्ती हंसो ब्रह्मसूत्रम्। तदेव ब्रह्मयज्ञमयं मोक्ष-
क्रमम् ॥17॥

इस प्रकार यह उपवीत के लक्षणों से युक्त सूत्र (ब्रह्मसूत्र) यज्ञरूप ही है, अर्थात् यज्ञरूप का प्रतीक माना जाता है। यह यज्ञोपवीत (यज्ञसूत्र) ब्रह्म के अंगों के लक्षणों से भी युक्त है। इसलिए यज्ञोपवीत और ब्रह्मयज्ञ—दोनों एक-दूसरे के स्वरूप ही हैं। वे ब्रह्म के अंग मात्राएँ हैं। यह ब्रह्मसूत्र ही मनोयज्ञ का हंस है। और ब्रह्मयज्ञ से युक्त यह प्रणव भी ब्रह्मसूत्र ही है। प्रणव का अन्तर्वर्ती हंस भी ब्रह्मसूत्र ही है। यह ब्रह्मयज्ञ मोक्ष का साधनरूप ही है।

ब्रह्मसन्ध्याक्रिया मनोयागः। संध्याक्रिया मनोयागस्य लक्षणम् ॥18॥
यज्ञसूत्रप्रणवब्रह्मयज्ञक्रियायुक्तो ब्राह्मणः। ब्रह्मचर्येण चरन्ति देवाः।
हंससूत्रचर्या [illegible]। हंसप्रणवयोरभेदः ॥19॥
हंसस्य प्रार्थनास्त्रिकालाः। त्रिकालास्त्रिवर्णाः। त्रेताग्न्यनुसंधानो यागः।
त्रेताग्न्यात्माकृतिवर्णोङ्कारहंसानुसंधानोऽन्तर्यागः ॥20॥

ब्रह्मसन्ध्या मानसिक यज्ञ की क्रिया है। संध्या की क्रिया मनोयाग का लक्षण है। यज्ञोपवीत, प्रणव और ब्रह्मयज्ञ की क्रिया से युक्त मनुष्य ब्राह्मण कहलाता है। देवता लोग ब्रह्मचर्य में ही विचरण करते हैं। हंस और सूत्र से यज्ञ संपन्न किए जाते हैं। इस प्रकार हंस तथा प्रणव में अभेद है।

चित्स्वरूपवत्तन्मयं तुरीयस्वरूपम्। अन्तरादित्ये ज्योतिःस्वरूपो
हंसः ॥21॥
यज्ञाङ्गं ब्रह्मसंपत्तिः। ब्रह्मप्रवृत्तौ तत्प्रणवहंससूत्रेणैव ध्यानमा-
चरन्ति ॥22॥

चित्स्वरूप में तन्मय हो जाना ही तुर्यावस्था का स्वरूप है। भीतर के आदित्य में हंस ही ज्योतिरूप में अवस्थित है। यज्ञाङ्ग ही ब्रह्मसम्पत्ति है। इसलिए ब्रह्मप्राप्ति की प्रवृत्ति के लिए प्रणवहंस की साधना में ही ध्यान द्वारा विचरण करना चाहिए।

प्रोवाच पुनः स्वयंभुवं प्रतिजानीते ब्रह्मपुत्रो ऋषिर्वालखिल्यः। हंस-
सूत्राणि कतिसंख्यानि कियद्वा प्रमाणम् ॥23॥

हृद्यादित्यमरीचीनां पदं षण्णवतिः । चित्सूत्रघ्राणयोः स्वर्निर्गता प्रणव-धारा षडङ्गुलदशाशीतिः ॥24॥
वामबाहुदक्षिणकट्योरन्तश्चरति हंसः परमात्मा ब्रह्मगुह्यप्रकारो नान्यत्र विदितः ॥25॥
जानन्ति तेऽमृतफलकाः । सर्वकालं हंसं प्रकाशकम् । प्रणवहंसान्त-र्ध्यानप्रकृतिं विना न मुक्तिः ॥26॥

ब्रह्मपुत्र वालखिल्य ने फिर से स्वयंभू ब्रह्माजी से पूछा—'हे भगवन् ! हंससूत्रों की संख्या कितनी है ? और उनके प्रमाण कितने हैं ?' तब ब्रह्माजी ने कहा—हृदयादित्य की छियानबे किरणें हैं। और चित्सूत्र घ्राण से स्वरसहित निकलने वाली धारा भी छियानबे अंगुल की होती है। प्रणव धारा उतनी लम्बी है। बाँयी भुजा और दाहिनी कमर की छोर के मध्य भाग में (अर्थात् हृदयक्षेत्र में) परमात्मा हंस का निवास है। परन्तु इस गुह्य विषय की जानकारी किसी को प्राप्त नहीं होती। जिन्हें अमृतत्व की प्राप्ति हो चुकी है, वे ही उस सर्वकाल प्रकाशमान हंस को पहचानते हैं। भीतर में स्थित इस प्रणव हंस का ध्यान किए बिना तो मुक्ति मिल नहीं सकती।

नवसूत्रान्परिचर्चितान् । तेऽपि यद्ब्रह्म चरन्ति । अन्तरादित्यं न ज्ञातं मनुष्याणाम् ॥27॥
जगदादित्यो रोचत इति ज्ञात्वा ते मर्त्या विबुधास्तपनप्रार्थनायुक्ता आचरन्ति ॥28॥
वाजपेयः पशुहर्ता अध्वर्युरिन्द्रो देवता अहिंसा धर्मयागः परमहंसोऽध्वर्युः परमात्मा देवता पशुपतिः ॥29॥
ब्रह्मोपनिषदो ब्रह्म । स्वाध्याययुक्ता ब्राह्मणाश्चरन्ति ॥30॥

जो मनुष्य इन परिचर्चित (रंगे हुए) नवसूत्रों वाले यज्ञोपवीत को धारण करते हैं, वे भी उसे ब्रह्ममय मानकर ही उपासना करते हैं। परन्तु इन मनुष्यों के भीतर रहे हुए आदित्यरूप ब्रह्म का ज्ञान तो नहीं होता। सूर्य जगत् को प्रकाशित करता है, ऐसा जानकर ये बुद्धिमान लोग पवित्रता और ज्ञान के लिए उनकी प्रार्थना करते हैं। वाजपेय यज्ञ पशुभाव को दूर करने वाला है। इस यज्ञ के अध्वर्यु और देवता इन्द्र (परमेश्वर) है। यह मानस अहिंसात्मक धर्मयज्ञ (मुक्तियज्ञ) है। इसके अध्वर्यु परमहंस और देवता पशुपति (ईश्वर) हैं। वेद-उपनिषत् का प्रतिपाद्य जो ब्रह्म है, वही ब्रह्म इस स्वाध्याययुक्त ब्रह्मज्ञानियों का भी उपास्य है (वे इसी की उपासना करते हैं)।

अश्वमेधो महायज्ञकथा । तद्राज्ञा ब्रह्मचर्यमाचरन्ति । सर्वेषां पूर्वोक्तब्रह्म-यज्ञक्रमं मुक्तिक्रममिति ॥31॥
ब्रह्मपुत्रः प्रोवाच । उदितो हंस ऋषिः । स्वयंभूस्तिरोदधे । रुद्रो ब्रह्मोपनिषदो हंसज्योतिः पशुपतिः प्रणवस्तारकः स एवं वेद ॥32॥

इति पूर्वकाण्डः ।

इस महायज्ञ की जानकारी ही अश्वमेध यज्ञ है। ज्ञानी जन इसका आश्रय लेकर ही ब्रह्मज्ञान आचार में लाते हैं। पूर्वकथित सभी ब्रह्मयज्ञों का करना ही मुक्ति देने में समर्थ है। तब ब्रह्मपुत्र ने फिर से कहा कि 'अब हंस ऋषि का मुझमें उदय हो गया है।' उनका यह वचन सुनकर ब्रह्माजी अन्तर्धान

हो गए। इस उपनिषत् में जिस हंस के तेज का वर्णन किया गया है, वही रुद्र है और संसार से उद्धार करने वाला प्रणव ही पशुपति (ब्रह्म) है। उसे उसी तरह जान लेना चाहिए।

यहाँ पूर्वकाण्ड समाप्त होता है।

❋

उत्तरकाण्डः

हंसात्ममालिकावर्णब्रह्मकालप्रचोदिता ।
परमात्मा पुमानिति ब्रह्मसम्पत्तिकारिणी ॥1॥
अध्यात्मब्रह्मकल्पस्याकृतिः कीदृशी कथा ।
ब्रह्मज्ञानप्रभासन्ध्या कालो गच्छति धीमताम् ।
हंसाख्यो देवमात्माख्यमात्मतत्त्वप्रजाः कथम् ॥2॥

इस अध्यात्ममालिका (हंसमालिका का) जो वर्ण ॐकार है, वही कालेश्वर का स्वरूप प्राप्त करके कर्तव्याकर्तव्य का प्रेरक होता है। वही, ब्रह्म, परमात्मा और पुरुष है। वही संपत्तिकारिणी संविद् है। जो मनुष्य आत्मा के अपने निजी ज्ञान से युक्त हो गया हो, उसके सम्बन्ध में तो क्या कहा जा सकता है ? ज्ञानी जन अपना पूरा समय उपासना और ब्रह्मचिन्तन में बिताते हैं। जब हंस और आत्मा में ऐक्य स्थापित हो जाता है फिर तो विश्व, तैजस आदि प्रजा कैसे हो सकती है ?

अन्तः प्रणवनादाख्यो हंसः प्रत्ययबोधकः ।
अन्तर्गतप्रमागूढं ज्ञाननालं विराजितम् ॥3॥
शिवशक्त्यात्मकं रूपं चिन्मयानन्दवेदितम् ।
नादबिन्दुकला त्रीणि नेत्रविश्वविचेष्टितम् ॥4॥
त्रियङ्गानि शिखा त्रीणि द्वित्रीणि संख्यमाकृतिः ।
अन्तर्गूढप्रमा हंसः प्रमाणान्निर्गतं बहिः ॥5॥

अन्तःकरण से निकलते हुए प्रणव के नाद से जो हंस जाना जा सकता है, वही सम्पूर्ण ज्ञान देने वाला है। उसके भीतर में अनुभव से गम्य रहस्यमय ज्ञान के द्वारा बाह्य जगत् के ज्ञान की प्राप्ति होती है। उस चिन्मय आनन्द के द्वारा ही शिव-शक्त्यात्मक ज्ञात हो सकता है। नाद, बिन्दु और कला—इन तीनों नेत्रों की जाग्रति से ही यह जगत् चेष्टायुक्त होता है। स्थूलसूक्ष्मादि तीन अंग, विश्वादि तीन शिखा और दो-तीन मात्राओं से उसकी संख्या जानी जा सकती। जब इस प्रकार वह अन्तर्धान हो जाता है, तब उस गूढ़ात्मा का इस बाह्य जगत् में भी प्रमाण के रूप में आविर्भाव होता है। (पहले जो केवल श्रुतिप्रमाणित था वह अब बाह्य प्रमाण वाला भी हो जाता है)।

ब्रह्मसूत्रपदं ज्ञेयं ब्राह्यं विध्युक्तलक्षणम् ।
हंसार्कप्रणवध्यानमित्युक्तो ज्ञानसागरे ॥6॥
एतद्विज्ञानमात्रेण ज्ञानसागरपारगः ।
स्वतः शिवः पशुपतिः साक्षी सर्वस्य सर्वदा ॥7॥
सर्वेषां तु मनस्तेन प्रेरितं नियमेन तु ।
विषये गच्छति प्राणश्चेष्टते वाग्वदत्यपि ॥8॥

चक्षुः पश्यति रूपाणि श्रोत्रं सर्वं शृणोत्यपि ।
अन्यानि खानि सर्वाणि तेनैव प्रेरितानि तु ॥9॥

जगत् के सूत्ररूप ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करके साधक को अपने आप ही ब्रह्म के लक्षणों से युक्त होना चाहिए। और हमेशा अनवरत हंसरूपी सूर्य का ओंकार के साथ ध्यान करते रहना चाहिए। ऐसा करने वाला ज्ञानसागर रूप ब्रह्म में एक हो जाता है, ऐसा कहा गया है। इस प्रकार के विज्ञानमात्र के द्वारा ज्ञानसागर के पार तक (ब्रह्म तक) पहुँचा जा सकता है। और वह साधक स्वयं शिव, पशुपति और सबका साक्षी बन जाता है। यह भगवान् शिव सबके मन को नियम से प्रेरित करने वाले हैं। उन्हीं की प्रेरणा से इन्द्रिय विषयों की ओर जाती है और प्राण चेष्टा करते हैं, उन्हीं की प्रेरणा से वाणी बोलती है, आँख रूप देखती है और कान सुनते हैं। अन्य सभी इन्द्रियाँ भी उसी के द्वारा प्रेरित होती हैं।

स्वं स्वं विषयमुद्दिश्य प्रवर्तन्ते निरन्तरम् ।
प्रवर्तकत्वं चाप्यस्य मायया न स्वभावतः ॥10॥
श्रोत्रमात्मनि चाध्यस्तं स्वयं पशुपतिः पुमान् ।
अनुप्रविश्य श्रोत्रस्य ददाति श्रोत्रतां शिवः ॥11॥
मनः स्वात्मनि चाध्यस्तं प्रविश्य परमेश्वरः ।
मनस्त्वं तस्य सत्त्वस्थो ददाति नियमेन तु ॥12॥

वे सभी इन्द्रियाँ अपने-अपने विषय को उद्दिष्ट करके प्रवर्तमान होती हैं। इस विषय में उस परम तत्त्व का माया के साथ जो निरन्तर प्रवर्तकत्व होता है, उस परमतत्त्व का प्रवर्तकत्व (प्रेरकत्व) माया के कारण होता है, स्वाभाविक रूप से नहीं। आत्मा में ही श्रोत्रादि अध्यस्त होता है और स्वयं पशुपति भगवान् उस श्रोत्र में अनुस्यूत होकर श्रोत्र को श्रवणशक्ति देते हैं। उसी प्रकार मन भी आत्मा में ही अध्यस्त है उसमें भी यह परमेश्वर अनुप्रविष्ट (अनुस्यूत) होकर इसे 'मनस्त्व' की शक्ति देते हैं। नियमानुसार सत्त्वगुण में स्थित होकर परमेश्वर ही मन को 'मनस्त्व' की शक्ति देते हैं। (सबका सर्जन करके सबमें अनुप्रविष्ट होकर नियम से सृष्टि संचालन-नियमन करते हैं।)

स एव विदितादन्यस्तथैवाविदितादपि ।
अन्येषामिन्द्रियाणां तु कल्पितानामपीश्वरः ॥13॥
तत्तद्रूपमनुप्राप्य ददाति नियमेन तु ।
ततश्चक्षुश्च वाक्चैव मनश्चान्यानि खानि च ॥14॥
न गच्छन्ति स्वयंज्योतिः स्वभावे परमात्मनि ।
अकर्तृविषयप्रत्यक्प्रकाशं स्वात्मनैव तु ॥15॥
विना तर्कप्रमाणाभ्यां ब्रह्म यो वेद वेद सः ।
प्रत्यगात्मा परंज्योतिर्माया सा तु महत्तमः ॥16॥

वह परमात्मा जानी हुई और अनजानी सभी वस्तुओं से अलग ही है। यह कल्पित अन्य इन्द्रियों का भी ईश्वर है, अर्थात् करणरूप और करणचालक रूप अभिमान न होने से उन सब से विलक्षण (ईश्वर) है, वह संसारी नहीं है। इस तरह वह परमेश्वर उस-उस इन्द्रिय का रूप भी धारण करता है और उसे उस-उस की नियमानुसार शक्ति भी वही देता है (वह करणरूप और करणचालकरूप—दोनों होता

है)। इससे चक्षु, वाणी, मन और अन्य इन्द्रियाँ स्वयं ज्योतिःस्वरूप परमात्मा में अपने स्वरूप में प्रविष्ट नहीं हो सकतीं (भीतर प्रविष्ट नहीं हो सकती)। इसलिए बाहर के किसी तर्क या प्रमाण के बिना ही जो मनुष्य निजी अनुभूति के द्वारा परमात्मा को जान लेता है, वही सही रूप से उसे जानता है। वह प्रत्यक् आत्मा स्वयं ज्योतिरूप है, और माया तो बड़े ही अन्धकार जैसी है।

तथा सति कथं मायासंभवः प्रत्यगात्मनि ।
तस्मात्तर्कप्रमाणाभ्यां स्वानुभूत्या च चिद्घने ॥17॥
स्वप्रकाशैकसंसिद्धे नास्ति माया परात्मनि ।
व्यावहारिकदृष्ट्येयं विद्याविद्या न चान्यथा ॥18॥
तत्त्वदृष्ट्या तु नास्त्येव तत्त्वमेवास्ति केवलम् ।
व्यावहारिकदृष्टिस्तु प्रकाशाव्यभिचारतः ॥19॥
प्रकाश एव सततं तस्मादद्वैत एव हि ।
अद्वैतमिति चोक्तिश्च प्रकाशाव्यभिचारतः ॥20॥

ऐसा होने पर इस स्वयंज्योति प्रत्यगात्मा में तमोरूपी माया का संभव कैसे हो सकता है ? इसलिए इस चिद्घन परमात्मा के बारे में तर्क और प्रमाण के साथ अपनी अनुभूति के द्वारा, 'स्वप्रकाशरूप, स्वयंसिद्ध, परमात्मा में माया हो ही नहीं सकती'—ऐसा सिद्ध हो जाता है। ये जो विद्या, अविद्या आदि के भेद किए जाते हैं, वे तो केवल व्यवहार की दृष्टि से ही किए जाते हैं क्योंकि सब जगह आत्मा का प्रकाश है उसका कहीं व्यभिचार (अपवाद) नहीं है। सर्वत्र आत्मा का ही प्रकाश है, इसलिए सर्वत्र अद्वैत ही है। प्रकाश का कहीं भी व्यभिचार (अपवाद) न होने से ही 'अद्वैत' ऐसी उक्ति (सार्थक) है।

प्रकाश एव सततं तस्मान्मौनं हि युज्यते ।
अयमर्थो महान्यस्य स्वयमेव प्रकाशितः ॥21॥
न स जीवो न च ब्रह्म न चान्यदपि किञ्चन ।
न तस्य वर्णा विद्यन्ते नाश्रमाश्च तथैव च ॥22॥
न तस्य धर्मोऽधर्मश्च न निषेधो विधिर्न च ।
यदा ब्रह्मात्मकं सर्वं विभाति तत एव तु ॥23॥
तदा दुःखादिभेदोऽयमाभासोऽपि न भासते ।
जगज्जीवादिरूपेण पश्यन्नपि परात्मवित् ॥24॥

सर्वत्र सतत प्रकाश ही है, अतः मौन ही योग्य है, यह स्वयंप्रकाशित होते रहना ही इस परमात्मा की बड़ी अन्वर्थकता है। यह परमात्मा न जीव है, न ब्रह्म है, और भी कोई सापेक्ष नाम उसे दिया नहीं जा सकता। उसको कोई ब्राह्मणादि वर्ण नहीं है और ब्रह्मचर्यादि कोई आश्रम भी नहीं होता। उसके लिए न कोई धर्म है, न कोई अधर्म है, न कोई विधि है, न कोई निषेध ही है। जब सर्वत्र मात्र एक ब्रह्मतत्त्व ही है, तब तो सब कुछ ब्रह्ममय ही दीखता है। जब सब ब्रह्ममय हो जाता है तब तो दुःख आदि भेद भी नहीं होता, यह सारा बाह्य आभास भी उस परमात्मा को जानने वाले को नहीं दिखाई देता, भले ही वह जगत् और जीव आदि रूपों को देखता रहता हो।

न तत्पश्यति चिद्रूपं ब्रह्मवस्त्वेव पश्यति ।
धर्मधर्मित्ववार्ता च भेदे सति हि भिद्यते ॥25॥

भेदाभेदस्तथा भेदाभेदः साक्षात्परात्मनः ।
नास्ति स्वात्मातिरेकेण स्वयमेवास्ति सर्वदा ॥26॥
ब्रह्मैव विद्यते साक्षाद्वस्तुतोऽवस्तुतोऽपि च ।
तथैव ब्रह्मविज्ञानी किं गृह्णाति जहाति किम् ॥27॥
अधिष्ठानमनौपम्यमवाङ्मनसगोचरम् ।
यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रं रूपवर्जितम् ॥28॥

उस अद्वैतावस्था में चित् का कोई रूप वह ज्ञानी नहीं देखता—रूप और रूपी का भेद नहीं देखता। वह केवल ब्रह्मपदार्थ को ही देखता (अनुभव करता) है। क्योंकि जब भेद हो तभी धर्म (रूप) और धर्मी (चित्) की बात हो सकती है। जब भेद-अभेद की यही उपर्युक्त स्थिति है, तब तो उस परमात्मा में न कोई भेद हो सकता है, न ही कोई अभेद ही हो सकता है। क्योंकि अपने आत्मा के अतिरिक्त और कुछ है ही नहीं, वह स्वयं एकमात्र अद्वैत ही विद्यमान है। केवल साक्षात् ब्रह्म ही है—पारमार्थिक रूप से भी और अन्य दृष्टि से भी जब वही है, तब भला वह ब्रह्मज्ञानी किसका ग्रहण करेगा और किसका त्याग करेगा ? जो परमतत्त्व अधिष्ठानरूप, उपमारहित, वाणी और मन से अगोचर है, जो अदृश्य, अग्राह्य, गोत्ररहित और रूपहीन है और—

अचक्षुःश्रोत्रमत्यर्थं तदपाणिपदं तथा ।
नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं च तदव्ययम् ॥29॥
ब्रह्मैवेदममृतं तत्पुरस्ताद्ब्रह्मानन्दं परमं चैव पश्चात् ।
ब्रह्मानन्दं परमं दक्षिणे च ब्रह्मानन्दं परमं चोत्तरे च ॥30॥
स्वात्मन्येव स्वयं सर्वं सदा पश्यति निर्भयः ।
तदा मुक्तो न मुक्तश्च बद्धस्यैव विमुक्तता ॥31॥
एवंरूपा परा विद्या सत्येन तपसापि च ।
ब्रह्मचर्यादिभिर्धर्मैर्लभ्या वेदान्तवर्त्मना ॥32॥

—वह चक्षुरहित, श्रोत्ररहित, हाथरहित, पैररहित, वह नित्य, विभु, सर्वगत और अत्यन्त सूक्ष्म तथा बिल्कुल ही अव्यय (व्ययरहित) है। यही अमृतरूप ब्रह्म हमारे आगे भी है, यही परम ब्रह्मानन्द हमारे पीछे भी है, वही परम ब्रह्मानन्द हमारी दाहिनी ओर भी है, वही परम ब्रह्मानन्द हमारी बायीं ओर (उत्तर में) भी है। उसे जब निर्भय योगी अपने आत्मा में ही देख लेता है, तब ज्ञानी मुक्त न होते हुए भी (संसार के सभी कार्य करते हुए भी) मुक्त हो जाता है क्योंकि वह मन से तो मुक्त ही है और मन में बँधे हुए मनुष्य में ही मुक्ति का होना युक्त है, मुक्त की भला क्या मुक्ति ? इस प्रकार की जो परा विद्या है, वह सत्य से या तप से और ब्रह्मचर्यादि के पालन से वेदान्तनिर्दिष्ट मार्ग के द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

स्वशरीरे स्वयंज्योतिःस्वरूपं पारमार्थिकम् ।
क्षीणदोषाः प्रपश्यन्ति नेतरे मायया ऽऽवृताः ॥33॥
एवं स्वरूपविज्ञानं यस्य कस्यास्ति योगिनः ।
कुत्रचिद्गमनं नास्ति तस्य सम्पूर्णरूपिणः ॥34॥
आकाशमेकं सम्पूर्णं कुत्रचिन्न हि गच्छति ।
तद्वद्ब्रह्मात्मविच्छ्रेष्ठः कुत्रचिन्नैव गच्छति ॥35॥

अभक्ष्यस्य निवृत्त्या तु विशुद्धं हृदयं भवेत् ।
आहारशुद्धौ चित्तस्य विशुद्धिर्भवति स्वतः ॥36॥

जिन लोगों के दोष क्षीण हो चुके हों, वे ही अपने शरीर में पारमार्थिक स्वयंज्योतिःस्वरूप को, देख सकते हैं। माया के द्वारा आवृत अन्य लोग नहीं देख सकते हैं। जिस किसी भी योगी को इस प्रकार का स्वरूपज्ञान हो जाता है, उसके लिए कहीं भी आने-जाने की कोई आवश्यकता नहीं रहती, क्योंकि वह संपूर्ण—सभी का स्वरूप हो गया हुआ होता है। जैसे आकाश एक और संपूर्ण है, उसका कहीं भी आना-जाना नहीं होता, उसी प्रकार ब्रह्मविदों में श्रेष्ठ यह पुरुष भी गमनागमन-रहित हो जाता है। अभक्ष्य का भक्षण नहीं करने से हृदय विशुद्ध हो जाता है और आहार की शुद्धि से चित्त की शुद्धि तो स्वाभाविक रूप से हो ही जाती है।

चित्तशुद्धौ क्रमाज्ज्ञानं त्रुट्यन्ति ग्रन्थयः स्फुटम् ।
अभक्ष्यं ब्रह्मविज्ञानविहीनस्यैव देहिनः ॥37॥
न सम्यग्ज्ञानिनस्तद्वत्स्वरूपं सकलं खलु ।
अहमन्नं सदान्नाद इति हि ब्रह्मवेदनम् ॥38॥
ब्रह्मविद्ग्रसति ज्ञानात्सर्वं ब्रह्मात्मनैव तु ।
ब्रह्मक्षत्रादिकं सर्वं यस्य स्यादोदनं सदा ॥39॥
यस्योपसेचनं मृत्युस्तं ज्ञानी तादृशः खलु ।
ब्रह्मस्वरूपविज्ञानाज्जगद्भोज्यं भवेत्खलु ॥40॥

चित्त की शुद्धि हो जाने पर क्रम से धीरे-धीरे ज्ञान उदित होता है और हृदय की गाँठें स्पष्ट रूप से टूटने लगती हैं। जो भक्ष्य-अभक्ष्य की बात है, वह तो ब्रह्मविज्ञान से रहित देहधारियों के लिए ही है। ये बातें सम्यग् ज्ञानवाले के लिए नहीं हैं। क्योंकि उसके लिए तो यह सब कुछ स्वरूपमय ही है। 'मैं ही अन्न हूँ, मैं ही सदाचार हूँ'—ऐसी भावना ही ब्रह्मज्ञान कहलाती है। ब्रह्म को जानने वाला अपने ज्ञान से सबमें निवास करता है। सर्व ब्रह्म उसके आत्मा के द्वारा ही उसने जाना है। इसलिए ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि सब भावनाओं को वह अपने आत्मा में ही (ओदन की तरह) पचा लेता है। जो ब्रह्म मृत्यु को भी अपना ओदन (उपसेचन=पाच्य) करता है, तो यह ज्ञानी भी तो वैसा ही करता है, क्योंकि वह भी तो वैसा ही है। ब्रह्मस्वरूप के विज्ञान से सारा जगत् उसका पाच्य (भोज्य) ओदन हो जाता है।

जगदात्मतया भाति यदा भोज्यं भवेत्तदा ।
ब्रह्मस्वात्मतया नित्यं भक्षितं सकलं तदा ॥41॥
यदाभासेन रूपेण जगद्भोज्यं भवेत्तु तत् ।
मानतः स्वात्मना भातं भक्षितं भवति ध्रुवम् ॥42॥
स्वस्वरूपं स्वयं भुङ्क्ते नास्ति भोज्यं पृथक् स्वतः ।
अस्ति चेदस्तितारूपं ब्रह्मैवास्तित्वलक्षणम् ॥43॥
अस्तितालक्षणा सत्ता सत्ता ब्रह्म न चापरा ।
नास्ति सत्तातिरेकेण नास्ति माया च वस्तुतः ॥44॥

जब अपनी आत्मता के द्वारा यह सारा जगत् भोज्य दिखाई देता है, तब यह आत्मा ब्रह्मरूप होकर सकल जगत् का भक्षण करता है। जब यह जगत् आभासित होता है, तब वह भोज्य होता है,

और जब सब ब्रह्ममय ही हो जाता है, तब यह जगत् भक्षित हो गया है, यह निश्चय है। यह ब्रह्म अपने ही स्वरूप को भोज्य करता है, क्योंकि अलग भोज्य तो है ही नहीं। यदि है तो केवल सत्तारूप स्वलक्षण ब्रह्म ही है। यह जो 'होना' रूप सत्ता है, वह वास्तव में ब्रह्म ही है। और कुछ नहीं है। इस सत्ता के सिवा माया कुछ है ही नहीं।

योगिनामात्मनिष्ठानां माया स्वात्मनि कल्पिता।
साक्षिरूपतया भाति ब्रह्मज्ञानेन बाधिता ॥45॥
ब्रह्मविज्ञानसम्पन्नः प्रतीतमखिलं जगत्।
पश्यन्नपि सदा नैव पश्यति स्वात्मनः पृथक् ॥46॥ इत्युपनिषत्।

इति उत्तरकाण्डः।

इति पाशुपतब्रह्मोपनिषत्समाप्ता।

आत्मनिष्ठ योगियों के लिए माया तो अपने आत्मा में केवल कल्पित ही है। उनके साक्षीभाव से ब्रह्मज्ञान द्वारा वह बाधित हो जाती है। ब्रह्मज्ञान से सम्पन्न योगी इस दृश्य अखिल जगत् को देखता हुआ भी अपने आत्मा से उसे अलग नहीं देखता। यहाँ उपनिषत् पूरी होती है।

यहाँ उत्तर काण्ड समाप्त होता है।

इस प्रकार पाशुपतब्रह्मोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(80) परब्रह्मोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

अथर्ववेदीय इस उपनिषद् में गद्यकण्डिकाएँ और श्लोक मिलकर कुल बीस मंत्र हैं। इसमें विशद रूप से संन्यासधर्म कहा गया है। इसमें कहा गया है कि मुमुक्षु को शिखा और उपवीत भीतर में और गृहस्थ को उन्हें बाहर रखना चाहिए। प्रत्येक का शरीर उसके छियानबे अंगुल के परिमाण का होता है, तदनुसार जनेऊ का सूत्र भी छियानबे बार चार अंगुलों के आसपास लपेटा जा सके उतना लम्बा होता है। बाद में उसे सूर्य, चन्द्र और अग्नि की कला के अनुरूप तिगुना किया जाता है। बाद में उसमें ब्रह्मा-विष्णु-शिव का अनुसन्धान करके, दोनों छोरों को मिलाकर उसमें अद्वैतग्रन्थि बाँधी जाती है। फिर उसे बाँये कन्धे पर और दाहिनी कमर पर पहनाया जाता है। मुमुक्षु को चाहिए कि वह ऐसे बाँधी जनेऊ और शिखा को छोड़कर अपने भीतर ही ज्ञानरूप उपवीत और ज्ञानरूप शिखा को पहन ले। ऐसे ब्रह्मज्ञान रूप उपवीत और ब्रह्मज्ञानरूप शिखा को धारण करने वाला ही वास्तव में सच्चा ब्राह्मण कहलाता है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ हैनं महाशालः शौनकोऽङ्गिरसं भगवन्तं पिप्पलादं विधिवदुपसन्नः प्रपच्छ। दिव्ये ब्रह्मपुरे के सम्प्रतिष्ठिता भवन्ति खलु। कथं सृजन्ते। नित्यात्मन एष महिमा विभज्य एष महिमा विभुः। क एषः तस्मै स होवाच। एतत् सत्यं यत् प्रब्रवीमि ब्रह्मविद्यां वरिष्ठां देवेभ्यः प्राणेभ्यः। परब्रह्मपुरे विरजं निष्कलं शुभ्रमक्षरं विरजं विभाति। स नियच्छति मधुकरराश्या निर्मकः। अकर्मस्वपुरस्थितः। कर्मकः कर्षकवत् फल-मनुभवति। कर्ममर्मज्ञाता कर्म करोति। कर्ममर्म ज्ञात्वा कर्म कुर्यात्। को जालं विक्षिपेदेको नैनमपकर्षत्यपकर्षति ॥1॥

एक बार महाशाल (बुद्धिमान) शौनक ने अंगिरसगोत्रीय भगवान् पिप्पलाद के पास यथाविधि समीप बैठकर पूछा—"क्या इस संसार में उत्पन्न होने वाले सभी पदार्थ दिव्य ब्रह्मपुर में (हिरण्यगर्भ में) ही प्रतिष्ठित रहते हैं ? बाद में उनके द्वारा कैसे बनाए जाते हैं ? नित्यात्मा की यह कैसी महिमा है ? इस विभु परमात्मा की महिमा क्या है ? यह व्यापक कौन है ?" तब पिप्पलाद ने उनसे कहा—जो श्रेष्ठ ब्रह्मविद्या है, वह मैं तुमसे कहूँगा। वह सत्यरूप है, वह प्राणों और देवों (इन्द्रियों) को अपने-अपने विषय को ग्रहण करने की शक्ति देता है। इस ब्रह्मपुर में वह रजस् आदि तीन गुणों से रहित, कला (अंशों) से रहित, शुभ्र, अक्षर, निर्मल तत्त्व विराजमान है। वह 'निर्मक'

(निर्माणकर्ता) कहलाता है, क्योंकि वह जीवसमूह (मधु = कर्म और कर = करने वाले जीव) के बन्धन और मुक्ति का निर्माण करता है। यह परमात्मा अपने ही स्थान में रहकर अकर्मरूप में विद्यमान रहता है, तथा कर्म करते हुए किसान की भाँति फलों का अनुभव भी करता है। वह कर्म के मर्म को जानकर कर्म करता है। कर्म के मर्म (रहस्य) को समझकर ही कर्म करने चाहिए। एकमात्र ब्रह्म में ही चित्त लगाने वाला कौन ऐसा विवेकी है कि जो विविध प्रकार के कर्मजाल में फँसकर अपना अपकर्ष करेगा ? (अर्थात् कोई नहीं।) (आशय यह है कि निष्कामकर्मी के द्वारा किए गए कर्म उसे संसार की ओर खींच नहीं सकते।)

प्राणदेवताश्चत्वारः। ताः सर्वा नाड्यः सुषुप्तश्येनाकाशवत्। यथा श्येनः खमाश्रित्य याति स्वमालयं कुलायम्। एवं सुषुप्तं ब्रूतायं च परं च। स सर्वत्र हिरण्मये परे कोशे अमृता ह्येषा नाडीत्रयं सञ्चरति। तस्य त्रिपादं ब्रह्म एषात्रेष्य ततोऽनुतिष्ठति। अन्यत्र ब्रूतायं च परं च। सर्वत्र हिरण्मये परे कोशे यथैष देवदत्तो यष्ट्या च ताड्यमानो नैवेत्येवमिष्टापूर्तशुभाशुभैर्न लिप्यते। यथा कुमारको निष्काम आनन्दमभियाति। यथैष देवः स्वप्न आनन्दमभिधावति। वेद एव परं ज्योतिः। ज्योतिषा मा ज्योतिरानन्दयत्येवमेव। तत्परं यच्चित्तं परमात्मानमानन्दयति। शुभ्रवर्णमाजायतेश्वरात्। भूयस्तेनैव मार्गेण स्वप्नस्थानं नियच्छति। जलूकाभाववद्व्यर्थाकाममाजायतेश्वरात्। तावतात्मानमानन्दयति। परसन्धि यदपरसन्धीति। तत्परं नापरं त्यजति। तदैवं कपालाष्टकं संधाय य एष स्तन इवावलम्बते। सेन्द्रयोनिः स वेदयोनिरित्यत्र जाग्रति। शुभाशुभातिरिक्तः शुभाशुभैरपि कर्मभिर्न लिप्यते। य एष देवोऽन्यदेवस्य संप्रसादोऽन्तर्याम्यसङ्गचिद्रूपः पुरुषः प्रणवहंसः परं ब्रह्म न प्राणहंसः प्रणवो जीवः। आद्या देवता निवेदयति। य एवं वेद। तत्कथं निवेदयते। जीवस्य ब्रह्मत्वमापादयति ॥2॥

जीवाधार प्राण की विश्वादि चार देवताएँ हैं। उन्हें प्राप्त करने वाली रमा, अरमा, इच्छा और पुनर्भवा नामक चार नाड़ियाँ होती हैं। इनमें रमा और अरमा नाड़ियों का आधार लेकर प्राण जाग्रत्, स्वप्न आदि में थककर, जिस प्रकार आकाशचारी बाज आकाश में विचरण करते हुए थककर अपने घोंसले में आराम के लिए चला जाता है, उसी प्रकार (वह प्राण) सुषुप्तावस्था में चला जाता है। यों तो यह अमृतरूप देवता सर्वत्र व्यापक हिरण्यमय, परकोश में (हृदयाकाश में) रमा आदि तीन नाड़ियों का आश्रय लेकर संचरण करता ही रहता है। इसके बाद अब उसका त्रिपाद ब्रह्मरूप ही शेष रह जाता है। इसके बाद यह प्राणदेवता (जीव) अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त करता है। अन्यत्र (अन्य अवस्थाओं में) भी अपनी स्वतंत्र अवस्था मानकर घूमता है। सर्वत्र सदैव हिरण्मय परकोश में आवरण में आच्छादित रहकर घूमता हैं। जिस प्रकार सोये हुए देवदत्त को लाठी से मारे जाने पर वह फिर नहीं सोता, उसी प्रकार शास्त्रादि द्वारा जगाया गया व्यक्ति अवस्थात्रय या इष्टापूर्तादि कर्मों में लिप्त नहीं होता। जैसे कोई बालक किसी इच्छा से रहित होकर यथाप्राप्त वस्तुओं से आनन्दित होता है, वैसे ही यह जीव भी स्वप्नादि में आनन्द लेता रहता है। वह श्रुति या आचार्य से जान लेता है कि—मैं परम ज्योतिःस्वरूप हूँ; जैसे ज्योति से ज्योति आनन्दित होती है, वैसे ही मैं अपने से आनन्दित हूँ। अर्थात्

परमज्योतिपरायण मेरा चित्त आनन्दनिमग्न होता है। ईश्वर से शुभ्र भाव (निर्विकल्पभाव) उत्पन्न होता है। इससे चित्त प्रसन्न होता है। इस प्रकार त्रिकुटिविरल निर्विकल्प समाधि का अनुभव करके वह स्वप्नस्थान में विश्राम करता है। जैसे जोंक एक तिनके से दूसरे तिनके पर जाती है, उसी प्रकार वह विज्ञान भी तुर्य जागरण से तुर्य स्वप्न में शीघ्र जाकर विश्राम करता है। ईश्वर की कृपा से केवल इच्छा करने से ही ऐसी स्थिति हो जाती है। इस कारण से जीव सविकल्प-निर्विकल्प समाधि से अपनी आत्मा को आनन्दित करता है। बाद में जीवात्मा-परमात्मा में जो सापेक्ष भेदरूप अविद्या है उसका भी यह आत्मा त्याग कर देता है। इस प्रकार यह अविद्यारहित आत्मतत्त्व पर का त्याग करके अपर का त्याग नहीं करता, वह तो विद्यमान ही रहता है। यदि केवल श्रवणादि से निर्विशेष ब्रह्म की प्राप्ति नहीं होती, तो कपालाष्टक का सन्धान करना चाहिए (अष्टकपाल अर्थात् यमनियमादि आठ योगांग) अर्थात् इनके द्वारा ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना चाहिए। इस योगध्यान का अधिकरण, स्तन-हृदयस्थान में स्थित केले के पुष्प की तरह लटकता रहता है। वह योग के समय विकसित होकर ऊपर उठता है। इसमें इन्द्रयोनि—परमात्मप्राप्ति का मार्ग, जो वेदयोनि कहा जाता है वह ईश्वर जाग्रत् रहता है। इस तरह जो अपने हृदयकमल में ईश्वर का ध्यान करता है, वह शुभ और अशुभ से परे होकर शुभाशुभ कर्मों से लिप्त नहीं होता। यह देव अन्य देवों को अति प्रसन्नता देने वाला, अन्तर्यामी, असंग, चिद्रूप पुरुष, प्रणवहंस (ओंकार) और परब्रह्म है। जो मुख्य प्राण है, वह हंस नहीं है। प्रणव ही जीव है। इस जीव को आद्या देवता कहते हैं। जो इस प्रकार यथार्थ रूप में जानता है वह भला जीव और ब्रह्म के भेद को कैसे बता सकता है ? वह तो जीव के ब्रह्मत्व को ही प्रतिपादित करेगा।

सत्त्वमथास्य पुरुषस्यान्तःशिखोपवीतित्वम्। ब्राह्मणस्य मुमुक्षोरन्तःशिखोपवीतधारणम्। बहिर्लक्ष्यमाणशिखायज्ञोपवीतधारणं कर्मिणो गृहस्थस्य। अन्तरुपवीतलक्षणं तु बहिस्तन्तुवदव्यक्तमन्तस्तत्त्वमेलनम् ॥3॥

ऐसे ब्रह्मरूप पुरुष का आंतरिक सत्त्व ही शिखा और यज्ञोपवीत है। मुमुक्षु ब्राह्मण को ऐसी आन्तरिक शिखा और आन्तरिक यज्ञोपवीत धारण करने चाहिए। बाहर दिखाई देने वाली शिखा और वैसा ही यज्ञोपवीत धारण करना तो गृहस्थों का कर्तव्य है। आन्तरिक शिखा और यज्ञोपवीत बाह्य शिखा और बाह्य सूत्रवाली यज्ञोपवीत की तरह व्यक्त नहीं होते। वे तो आन्तरिक और अव्यक्त होते हैं और ब्रह्मत्व से मेल कराने वाले होते हैं।

न सन्नासन्न सदसद्भिन्नाभिन्नं न चोभयम्।
न सभागं न निर्भागं न चाप्युभयरूपकम्।
ब्रह्मात्मैकत्वविज्ञानहेयं मिथ्यात्वकारणात् ॥4॥ इति।

अविद्या का स्वरूप सत् भी नहीं है, असत् भी नहीं है, वह सत्-असत् से भिन्न भी नहीं है, वह उभयात्मक भी नहीं है। वह सभाग भी नहीं और अभाग भी नहीं है। वह सभागनिर्भाग—उभयरूप भी नहीं है। इसलिए जहाँ तक ब्रह्मात्मैकत्व उदित नहीं होता, वहाँ तक ही अविद्या रहती है। ब्रह्मज्ञान हो जाने के बाद तो वह हेय (त्याज्य) ही है। क्योंकि यह सब मिथ्या ही है।

पञ्चपादब्रह्मणो न किञ्चन। चतुष्पादन्तर्वर्तिनोऽन्तर्जीवब्रह्मणश्चत्वारि स्थानानि। नाभिहृदयकण्ठमूर्धसु जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तितुर्यावस्थाः। आहव-

नीयगार्हपत्यदक्षिणसभ्याग्निषु। जागरिते ब्रह्मा, स्वप्ने विष्णुः, सुषुप्तौ रुद्रः, तुरीयमक्षरं चिन्मयम्। तस्माच्चतुरवस्था चतुरङ्गुलवेष्टनमिव षण्णवतितत्त्वानि तन्तुवद्विभज्य, तदाहितं त्रिगुणीकृत्य द्वात्रिंशत्तत्त्व-निष्कर्षमापाद्य, ज्ञानपूतं त्रिगुणस्वरूपं त्रिमूर्तित्वं पृथग्विज्ञाय, नव-ब्रह्माख्यनवगुणोपेतं ज्ञात्वा, नवमानमितं त्रिः पुनस्त्रिगुणीकृत्य सूर्येन्द्वग्निकलास्वरूपत्वेनैकीकृत्य, आद्यन्तरेकत्वमपि मध्ये त्रिरावर्त्य ब्रह्मविष्णुमहेश्वरत्वमनुसन्धाय, आद्यन्तमेकीकृत्य चिद्ग्रन्थावद्वैतग्रन्थिं कृत्वा, नाभ्यादिब्रह्मबिलप्रमाणं पृथक्पृथक्सप्तविंशतितत्त्वसम्बन्धं त्रिगुणोपेतं त्रिमूर्तिलक्षणलक्षितमप्येकत्वमापाद्य, वामांसादिदक्षिण-कट्यन्तं विभाव्य, आद्यन्तग्रहसम्मेलनमेवं ज्ञात्वा मूलमेकम्, सत्यं मृण्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्। हंसेति वर्णद्वयेनान्तःशिखोपवीतित्वं निश्चित्य, ब्राह्मणत्वं ब्रह्मध्यानार्हत्वम्, यतित्वमलक्षितान्तःशिखोपवीतित्वम्, एवं बहिर्लक्षितकर्मशिखाज्ञानोपवीतं गृहस्थस्य, आभासब्राह्मणत्वस्य केशसमूहशिखाप्रत्यक्षकार्पास-तन्तुकृतोपवीतित्वम्। चतुः चतुर्गुणीकृत्य चतुर्विंशतितत्त्वापादनतन्तु-कृत्त्वम्, नवतत्त्वमेकमेव परं ब्रह्म, तत्प्रतिसरयोग्यत्वाद्बाहुमार्गप्रवृत्तिं कल्पयन्ति। सर्वेषां ब्रह्मादीनां देवर्षीणां मनुष्याणां मुक्तिरेका ब्रह्मैकमेव ब्राह्मणत्वमेकमेव। वर्णाश्रमाचारविशेषाः पृथक्पृथक्, शिखा वर्णा-श्रमिणामेकमेव, अपवर्गस्य यतेः शिखायज्ञोपवीतमूलं प्रणवमेकमेव वदन्ति। हंसः शिखा, प्रणवमुपवीतम्, नादः संधानम्। एष धर्मो नेतरो धर्मः। तत् कथमिति। प्रणवो हंसो नादस्त्रिवृत्सूत्रं स्वहृदि चैतन्ये तिष्ठति। त्रिविधं ब्रह्म तद्विद्धि। प्रापञ्चिकशिखोपवीतं त्यजेत् ॥5॥

जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-तुरीय-तुरीयातीत—इन पाँच पादों वाले ब्रह्म के सिवा कुछ भी नहीं है। इनमें पहले चार पादों में स्थित जीवरूप ब्रह्म के चार स्थान हैं—नाभि, हृदय, कण्ठ और मूर्धा। ब्रह्म के ये स्थान क्रमशः जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुर्यावस्था में रहते हैं। आहवनीय, गार्हपत्य, दक्षिण और सभ्य—इन चार प्रकार के अग्नियों में उन चार प्रकार का आत्मभाव यथासंभव करना चाहिए। तथा जाग्रत् में ब्रह्मा, स्वप्न में विष्णु तथा सुषुप्त में रुद्र और तुरीयावस्था में अक्षर चिद्रूप का ध्यान करना चाहिए। इस प्रकार जीवरूप ब्रह्म की चार अवस्थाएँ हुईं। ये चार अवस्थाएँ ही चार अँगुलियों का वेष्टन, जो यज्ञोपवीत बनाने में किया जाता है, वह है। इसमें छियानबे तत्त्व लपेटे जाते हैं। इसके तीन गुने भाग करके तीन गुने रूप द्वारा बत्तीस तत्त्वों के निष्कर्ष का सम्पादन करके ज्ञानपूत, त्रिगुणरूप तीन लड़ें और त्रिमूर्तिरूप को पृथक् जानकर नौ ब्रह्म अर्थात् नौ गुणों (नौ धागों) को जानकर, नौ के मान (परिमाण) से तीन को फिर से तीन गुना करके सूर्य-चन्द्र-अग्नि की कला के स्वरूप से एकीकृत करके फिर आदि-मध्य-अन्त की तीन आवृत्तियाँ करके ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र का अनुसन्धान करके आवृत्तियों को आदि से अन्त तक एक करके, चिद्ग्रन्थि में अद्वैत ग्रन्थि बनाकर, नाभि से लेकर ब्रह्मरन्ध्र तक के परिमाण में अलग-अलग सत्ताईस तत्त्वों से सम्बद्ध त्रिगुणयुक्त (तीन लड़ों वाला), त्रिमूर्तिरूप (तीन अलग रूपों) में दिखाई पड़ने पर भी उनमें एकत्व सम्पादन करके बाँयें कन्धे से लेकर दाहिनी कमर तक इसे धारण करके ही चित्त को शुद्ध किया जा सकता है। इस यज्ञोपवीत के विषय

में यह जान लेना चाहिए कि इसके बहुत से तत्त्वों का मूल तो एक ही है। जैसे मिट्टी से बने घटादि अनेक पात्रों में मिट्टी ही केवल एक तत्त्व है। वैसे ही ब्रह्म से निर्मित सब कुछ ब्रह्म ही है। और सब दृश्यपदार्थ तो वाणी की व्यर्थता हैं, विकार ही हैं। 'हंसः', 'सोऽहम्'—इन दो अक्षरों को ही अन्तःशिखा और अन्तर्यज्ञोपवीत निश्चय मानकर ही ब्राह्मणत्व और यतित्व की प्राप्ति होती है। इनके लिए तो शिखा और यज्ञोपवीत अलक्षित (अन्तर्वर्ती) ही होते हैं। बाहर दीखने वाली कर्मरूप शिखा और ज्ञानरूप उपवीत तो गृहस्थों के लिए ही होती हैं। बाहर की केशसमूहरूप शिखा और कपास के धागों से बनाई गई उपवीत तो मात्र ब्राह्मणत्व और वैदिकधर्मानुष्ठान की योग्यता का आभासक ही है। यज्ञोपवीत का सूत्र चौबीस तत्त्वों का चार गुना अर्थात् छियानबे तत्त्वरूपी एक ही ब्रह्म का प्रतिपादन करते हैं, एवं यज्ञोपवीत के नौ धागे भी ब्रह्म के ही प्रतिपादक हैं। ब्रह्म तो वास्तव में एक ही है, परन्तु बहुत लोग अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार उसकी प्राप्ति के विविध उपायों की कल्पना करते हैं। सभी ब्राह्मणों, देवर्षियों और मनुष्यों के लिए मुक्ति, ब्रह्म और ब्राह्मणत्व तो एकसमान ही है। केवल वर्णाश्रम और आचार अलग-अलग हैं। वर्णाश्रम व्यवस्थावालों के लिए शिखा का स्वरूप एक ही है। मोक्षाधिकारी यति की शिखा और उपवीत का मूल प्रणव ही कहा जाता है। यतियों के लिए हंस = ब्रह्मज्ञान ही शिखा और तुरीय = प्रणव ही उपवीत है। तथा नाद ही इन दोनों का जोड़नेवाला अनुसंधान होता है। इनका कोई दूसरा धर्म नहीं होता। प्रणव, हंस और नाद ही उनका तीन लड़ों वाला सूत्र है। वह अपनी ही महिमा में अपने आप विराजमान है। वह चैतन्यरूप से हृदय में प्रकाशित है। पर-अपर भेद से वह दो प्रकार का है। इसको जानकर जागतिक शिखा और यज्ञोपवीत का त्याग ही कर देना चाहिए।

सशिखं वपनं कृत्वा बहिःसूत्रं त्यजेद् बुधः।
यदक्षरं परं ब्रह्म तत्सूत्रमिति धारयेत् ॥6॥
पुनर्जन्मनिवृत्त्यर्थं मोक्षस्याहर्निशं स्मरेत्।
सूचनात् सूत्रमित्युक्तं सूत्रं नाम परं पदम् ॥7॥
तत्सूत्रं विदितं येन स मुमुक्षुः स भिक्षुकः।
स वेदवित् सदाचारी स विप्रः पङ्क्तिपावनः ॥8॥
येन सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव।
तत् सूत्रं धारयेद्योगी योगविद् ब्राह्मणो यतिः ॥9॥

इसलिए आत्मज्ञानी मनुष्य को शिखासहित मुण्डन करवाकर बाहर के यज्ञोपवीत को छोड़ देना चहिए और जो अक्षर-परब्रह्मरूप उपवीत है, उसे धारण करना चाहिए। पुनर्जन्म से मुक्ति पाने के लिए उसे बार-बार मोक्ष का स्मरण करते रहना चाहिए। सूचना देने वाला होने से ही ब्रह्मरूपी सूत्र को परमपदरूपी सूत्र कहा गया है। इस सूत्र को जिसने पहचान लिया है, वही सही रूप में मुमुक्षु है, सही भिक्षु है और वही वेदविद्, वही सदाचारी, वही विप्र और वही अनेक प्राणियों को पवित्र करने वाला कहा जाता है। सूत्र में मणियों के समूह की भाँति जिसमें यह सारा जगत् पिरोया गया है, उसी ब्रह्मरूप सूत्र को ही योग को जानने वाले ब्रह्मज्ञ यति को धारण करना चाहिए।

बहिःसूत्रं त्यजेद्विप्रो योगविज्ञानतत्परः।
ब्रह्मभावमयं सूत्रं धारयेद्यः स मुक्तिभाक्।
नाशुचित्वं न चोच्छिष्टं तस्य सूत्रस्य धारणम् ॥10॥

सूत्रमन्तर्गतं येषां ज्ञानयज्ञोपवीतिनाम् ।
ते तु सूत्रविदो लोके ते च यज्ञोपवीतिनः ॥11॥
ज्ञानशिखिनो ज्ञाननिष्ठा ज्ञानयज्ञोपवीतिनः ।
ज्ञानमेव परं तेषां पवित्रं ज्ञानमीरितम् ॥12॥
अग्नेरिव शिखा नान्या यस्य ज्ञानमयी शिखा ।
स शिखीत्युच्यते विद्वान्नेतरे केशधारिणः ॥13॥

योगविज्ञान में परायण योगी को बाहर की जनेऊ का परित्याग कर देना चाहिए। क्योंकि जो ब्रह्मभावरूप सूत्र को धारण करता है, वही मोक्ष का अधिकारी होता है। ऐसे ब्रह्मसूत्र को धारण करने से किसी प्रकार की उच्छिष्टता या अपवित्रता नहीं रहती। जिन ज्ञानरूप यज्ञोपवीत को धारण करने वालों का सूत्र भीतर में होता है, वे ही सूत्र के सच्चे जानकार हैं और वे ही सच्चे यज्ञोपवीत धारण करने वाले हैं। जो लोग ज्ञान की निष्ठा वाले हैं, ज्ञान की शिखावाले हैं और ज्ञान की यज्ञोपवीत वाले हैं, उनके लिए तो ज्ञान ही सब कुछ है। क्योंकि ज्ञान को परम पवित्र कहा गया है। जिनकी ज्ञानरूपी शिखा अग्नि की तरह प्रज्वलित है, वही विद्वान् सही शिखाधारी कहा जाता है, ये सामान्य बाल की शिखा वाले सच्चे शिखाधारी नहीं हैं।

कर्मण्यधिकृता ये तु वैदिके लौकिकेऽपि वा ।
ब्राह्मणाभासमात्रेण जीवन्ते कुक्षिपूरकाः ।
व्रजन्ते निरयं ते तु पुनर्जन्मनि जन्मनि ॥14॥
वामांसदक्षकट्यन्तं ब्रह्मसूत्रं तु सव्यतः ।
अन्तर्बहिरिवात्यर्थं तत्त्वतन्तुसमन्वितम् ।
नाभ्यादिब्रह्मरन्ध्रान्तं प्रमाणं धारयेत् सुधीः ॥15॥
तेभिर्धार्यमिदं सूत्रं क्रियाङ्गं तन्तुनिर्मितम् ।
शिखा ज्ञानमयी यस्य उपवीतं च तन्मयम् ।
ब्राह्मण्यं सकलं तस्य नेतरेषां तु किञ्चन ॥16॥

जो लोग वैदिक या लौकिक कर्मों के अधिकारी हैं वे तो ब्राह्मणों के आभासमात्र होकर ही पेट भरने के लिए ही जी रहे हैं। वे तो बार-बार जन्म-जन्म में नरक को ही जाते हैं। बुद्धिमान मनुष्य को यज्ञोपवीत बाँयें कन्धे से लेकर दाहिनी कमर तक धारण करनी चाहिए। परन्तु यह तो बाहर की यज्ञोपवीत की बात हुई। इसी प्रकार अन्तर् में परमतत्त्वरूप धागों से बनाई गई उपवीत (ब्रह्मसूत्र) नाभि से ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्त कद (परिमाण) के अनुसार धारण करना चाहिए। इस प्रकार परमतत्त्वरूपी तन्तुओं से बनाई गई विविध क्रियाओं के अंगरूप ब्रह्मसूत्र (उपवीत) को धारण करना चाहिए। जिसकी शिखा और यज्ञोपवीत ज्ञानमय होते हैं, उसके लिए सब कुछ ब्रह्ममय ही है, ब्रह्म के सिवा कुछ भी नहीं है।

इदं यज्ञोपवीतं तु परमं यत् परायणम् ।
विद्वान् यज्ञोपवीती सन्धारयेद्यः स मुक्तिभाक् ॥17॥
बहिरन्तश्चोपवीती विप्रः संन्यस्तुमर्हति ।
एकयज्ञोपवीती तु नैव संन्यस्तुमर्हति ॥18॥
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन मोक्षापेक्षी भवेद्यतिः ।
बहिःसूत्रं परित्यज्य स्वान्तःसूत्रं तु धारयेत् ॥19॥

बहिष्प्रपञ्चशिखोपवीतित्वमनादृत्य प्रणवहंसशिखोपवीतित्वमवलम्ब्य मोक्षसाधनं कुर्यादित्याह भगवाञ्छौनकः । इत्युपनिषत् ॥20॥

इति परब्रह्मोपनिषत्समाप्ता ।

जो विद्वान् इस परम और ब्रह्मपरायण यज्ञोपवीत को धारण करता है, वही सच्चा उपवीतधारी और मुक्ति का अधिकारी है। जो बाहर-भीतर—दोनों प्रकार की यज्ञोपवीत धारण करता है वही विप्र संन्यास का अधिकारी है। केवल एक (बाह्य) यज्ञोपवीतधारी संन्यास के योग्य नहीं है। इसलिए मोक्षापेक्षी योगी को हर प्रयत्न करके भी बाहर के सूत्र को छोड़कर भीतर का सूत्र ही धारण करना चाहिए। बाहर के जागतिक शिखा और उपवीत को छोड़कर प्रणवहंसरूपी शिखा और उपवीत को ही पकड़कर (आधार लेकर) मोक्ष-साधना करनी चाहिए, ऐसा भगवान् शौनक ने कहा है।

यहाँ पर परब्रह्मोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(81) अवधूतोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह कृष्णयुजर्वेदीय उपनिषद् है। इसमें सांकृति के प्रश्नों का उत्तर देते हुए अवधूत दत्तात्रेय ने उन्हें अवधूत शब्द का अर्थ, अवधूत की दिनचर्या, क्रियादि वृत्तियों का पक्षित्व द्वारा वर्णन, ज्ञान का उत्कर्ष, अवधूत की चर्या का अनुक्रम, महाव्रत, परमार्थसन्देश, श्रवणादि विधान और फलश्रुति बताई हैं।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ—मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ ह साङ्कृतिर्भगवन्तमवधूतं दत्तात्रेयं परिसमेत्य पप्रच्छ भगवन् कोऽवधूतस्तस्य का स्थितिः, किं लक्ष्म, किं संसरणमिति। तं होवाच भगवो दत्तात्रेयः परमकारुणिकः ॥1॥

सांकृति ने भगवान् दत्तात्रेय के पास जाकर पूछा—"हे भगवन्! अवधूत कौन होता है? उसकी कैसी स्थिति होती है? उसका लक्षण क्या है? और उसका व्यवहार कैसा होता है?" तब भगवान् परमकारुणिक दत्तात्रेय ने कहा—

अक्षरत्वाद्वरेण्यत्वाद्धूतसंसारबन्धनात्।
तत्त्वमस्यादिलक्ष्यत्वादवधूत इतीर्यते ॥2॥
यो विलङ्घ्याश्रमान् वर्णानात्मन्येव स्थितः सदा।
अतिवर्णाश्रमी योगी अवधूतः स कथ्यते ॥3॥
तस्य प्रियं शिरः कृत्वा मोदो दक्षिणपक्षकः।
प्रमोद उत्तरः पक्ष आनन्दो गोष्पदायते ॥4॥
गोवालसदृशं शीर्षे नापि मध्ये न चाप्यधः।
ब्रह्म पुच्छं प्रतिष्ठेति पुच्छाकारेण कारयेत्।
एवं चतुष्पदं कृत्वा ते यान्ति परमां गतिम् ॥5॥

जो अक्षर (अविनाशी) है, जो वरणीय है, संसार के बन्धनों को जिसने धूत (झाड़) दिया हो और 'तत्त्वमस्यादि' वाक्यों के लक्ष्यार्थ बोध से जो युक्त हो, उसे ही अवधूत कहा गया है। (**अ** = अक्षर, **व** = वरेण्य, **धू** = धूतबन्धन और **त** = तत्त्वमस्यादि वाक्य बोध) जो योगी आश्रमधर्मों और वर्णधर्मों को लाँघकर अपने आत्मा में ही सदा अवस्थित रहता हो, वह वर्णाश्रमरहित योगी अवधूत कहलाता है। उस योगी का प्रिय मस्तक है (मस्तक ब्रह्म ही है), मोद दक्षिण बाजू है, प्रमोद वाम बाजू है और आनन्द (केन्द्रस्थ = मध्य में स्थित) आत्मा है। उस आत्मा की स्थिति गाय के पैर के जैसी है (प्रिय, मोद, प्रमोद और आनन्द—ये गाय के चार पैर हैं), उसको सिर (प्रिय = ब्रह्म) में, अधोभाग (मोद और प्रमोद) में तथा मध्य (आनन्द) में आत्मबुद्धि नहीं करनी चाहिए। परन्तु गोवाल (गाय की पूँछ) सदृश उस ब्रह्म की पुच्छ

में प्रतिष्ठा है। उस ब्रह्म को उसी पुच्छ के आकार में समझना चाहिए। योगी लोग इसी प्रकार ब्रह्म को अच्छी तरह से जानकर ही परमगति को प्राप्त होते हैं।

न कर्मणा न प्रजया धनेन त्यागेनैके अमृतत्वमानशुः ॥6॥

अमृतत्व की प्राप्ति कभी कर्मों के द्वारा नहीं होती, संतानों के द्वारा और धन के द्वारा भी वह नहीं होती। केवल त्याग के द्वारा ही कुछ लोगों ने अमृतत्व को प्राप्त किया है।

स्वैरं स्वैरविहरणं तत्संसरणम्। साम्बरा वा दिगम्बरा वा। न तेषां धर्माधर्मौ न मेध्यमेध्यौ। सदा साङ्ग्रहण्येष्ट्याश्वमेधमन्तर्यागं यजते। स महामखो महायोगः ॥7॥

स्वैरविहार (स्वेच्छाविहार) ही उन योगियों का संसार होता है। उन योगियों में कुछ वस्त्र पहनते हैं और कुछ तो दिगम्बर (बिना वस्त्र धारण किए) ही रहते हैं। उनके लिए कोई धर्म भी नहीं है, कोई अधर्म भी नहीं है, कुछ पवित्र भी नहीं, कुछ अपवित्र भी नहीं है। वे सदैव अपनी इन्द्रियों के संयम के द्वारा भीतर में अश्वमेध यज्ञ करते रहते हैं। वह आत्मध्यानरूप यज्ञ ही उनका महायज्ञ होता है और वही उनका महायोग होता है।

कृत्स्नमेतच्चित्रं कर्म स्वैरं न विगायेत्। तन्महाव्रतम्। न स मूढवल्लिप्यते ॥8॥

इस प्रकार इन योगियों का संपूर्ण जीवन ही आश्चर्यजनक होता है। उनकी इस स्वेच्छाचारिता की निन्दा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि वही उनका महाव्रत है। मूढ़ (अज्ञानी) मनुष्य की तरह वह योगी पाप-पुण्यों से लिप्त नहीं होता।

यथा रविः सर्वरसान् प्रभुङ्क्ते हुताशनश्चापि हि सर्वभक्षः।
तथैव योगी विषयान् प्रभुङ्क्ते न लिप्यते पुण्यपापैश्च शुद्धः ॥9॥
आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत्।
तद्वत् कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ॥10॥
न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न हि न साधकः।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥11॥

जिस प्रकार सूर्य सभी रसों को खाता (ग्रहण करता) है और अग्नि भी जिस प्रकार सब कुछ खाने वाला (पचाने वाला) होता है, ठीक इसी प्रकार यह योगी भी सभी विषयों को भोगता है, परन्तु पुण्य और पाप से लिप्त नहीं होता, वह शुद्ध ही रहता है। जिस प्रकार चारों तरफ यथाशक्य पूर्ण होने पर भी अपनी स्थिति को अचल (निश्चल) ही रखने वाले सागर में जल प्रविष्ट होता है, अर्थात् जल के प्रवेश होने पर भी ज्यों-की-त्यों (पूर्ववत् ही) स्थिति में सागर रहता है, वैसे ही उस योगी में कामनाएँ (भोगेच्छा) प्रवेश करती हैं, फिर भी वह पूर्ववत् (ज्यों-का-त्यों) अचल ही रहता है। परन्तु कामों का (भोगों का) कामी (इच्छुक) उस योगी जैसी शान्ति प्राप्त नहीं करता। उस योगी के लिए तो कोई निरोध (लय) भी नहीं है, और किसी की उत्पत्ति भी नहीं होती। उसके लिए न तो कोई बन्धनयुक्त है, न कोई साधक है, न कोई मुमुक्षु है, न कोई मुक्त ही है—यही तो वास्तविक स्थिति (पारमार्थिक स्थिति) है।

ऐहिकामुष्मिकव्रातसिद्धयै मुक्तेश्च सिद्धये।
बहु कृत्यं पुरा स्यान्मे तत् सर्वमधुना कृतम् ॥12॥
तदेव कृतकृत्यत्वं प्रतियोगिपुरःसरम्।
दुःखिनोऽज्ञाः संसरन्तु कामं पुत्राद्यपेक्षया ॥13॥

परमानन्दपूर्णोऽहं संसरामि किमिच्छया ।
अनुतिष्ठन्तु कर्माणि परलोकयियासवः ॥14॥
सर्वलोकात्मकः कस्मादनुतिष्ठामि किं कथम् ।
व्याचक्षतां ते शास्त्राणि वेदानध्यापयन्तु वा ॥15॥

वह योगी सोचता है कि पहले तो इस जगत् के और परलोक के कार्यकलापों को सम्पन्न करने के लिए और मुक्ति की प्राप्ति के लिए भी मुझे बहुत कुछ करना था, परन्तु अब तो मैंने उन सबसे मुक्ति पा ली है। अब तो सब कुछ मेरे लिए हो ही चुका है। ऐसी ही वह कृतकृत्यता है। अब उन सभी कार्यों का अभावरूप प्रतियोगित्व है। इसी प्रकार सभी कार्यों का अनुसन्धान करता हुआ ही वह योगी सदैव तृप्त रहता है। अज्ञानी लोग भले ही पुत्र आदि की अपेक्षा करके दुःखी हों। लेकिन मैं तो परमानन्द से पूर्ण हूँ, मैं भला किस इच्छा से भटकता रहूँ ? जिनको परलोक में जाने की इच्छा हो, वे भले ही कर्म किया करें। मैं तो सर्वलोकात्मक (सर्वलोकव्याप्त) ही हूँ, मैं भला किसलिए, क्यों, कैसे और क्या कर्म करूँ ? अधिकारी लोग भले ही शास्त्रों की व्याख्या किया करें या तो वेदों को पढ़ाते रहे। (इससे मुझे कोई सरोकार नहीं है।)

येऽत्राधिकारिणो मे तु नाधिकारोऽक्रियत्वतः ।
निद्राभिक्षे स्नानशौचे नेच्छामि न करोमि च ॥16॥
द्रष्टारश्चेत् कल्पयन्तु किं मे स्यादन्यकल्पनात् ।
गुञ्जापुञ्जादि दह्येत नान्यारोपितवह्निना ।
नान्यारोपितसंसारधर्मानेवमहं भजे ॥17॥
शृण्वन्त्वज्ञाततत्त्वास्ते जानन् कस्माच्छृणोम्यहम् ।
मन्यन्तां संशयापन्ना न मन्येऽहमसंशयः ॥18॥
विपर्यस्तो निदिध्यासे किं ध्यानमविपर्यये ।
देहात्मत्वविपर्यासं न कदाचिद्भजाम्यहम् ॥19॥

ठीक है, अधिकारी लोग ऐसा किया करें, मेरा तो कोई अधिकार नहीं है, मैं तो अक्रिय (क्रियाहीन) ही हूँ। निद्रा, भिक्षा, स्नान, शौच आदि क्रियाएँ मैं चाहता भी नहीं हूँ और करता भी नहीं हूँ। मुझे ऐसा देखने वाले लोग चाहे मेरे बारे में अनेक बातों की कल्पना किया करें, परन्तु ऐसे अन्यान्य लोगों की कल्पनाओं से मुझे क्या हो सकता है ? चिरमिरी (गुञ्जा) के ढेर में किसी ने अग्नि की कल्पना कर दी हो, तो भी वह जलाता तो है ही नहीं। इसी प्रकार अन्यों के द्वारा मुझमें आरोपित किए गए संसार-धर्मों को मैं उस तरह से ही मानता हूँ। जो लोग तत्त्व को नहीं जानते वे भले ही श्रवण किया करें, मैं तो तत्त्व जानता हूँ, मैं क्यों श्रवण करूँ ? जिन लोगों में संशय हो, वे भले ही चिन्तन-मनन किया करें, मैं तो संशयरहित हूँ, मैं तो मनन नहीं करूँगा। जो विपरीत ज्ञान वाला हो, उसे ध्यान करना पड़ता है, विपरीत ज्ञान न होने पर ध्यान की आवश्यकता ही क्या है ? देह को ही आत्मा मानने का विपरीत ज्ञान तो मुझ अवधूत में है ही नहीं।

अहं मनुष्य इत्यादिव्यवहारो विनाप्यमुम् ।
विपर्यासं चिराभ्यस्तवासनातोऽवकल्पते ॥20॥
आरब्धकर्मणि क्षीणे व्यवहारो निवर्तते ।
कर्मक्षये त्वसौ नैव शाम्येद्ध्यानसहस्रतः ॥21॥
विरलत्वं व्यवहृतेरिष्टं चेद्ध्यानमस्तु ते ।
अबाधिकां व्यवहृतिं पश्यन् ध्यायाम्यहं कुतः ॥22॥

विक्षेपो नास्ति यस्मान्मे न समाधिस्ततो मम ।
विक्षेपो वा समाधिर्वा मनसः स्याद्विकारिणः ॥23॥

मुझमें विपरीत ज्ञान नहीं है, फिर भी मुझमें जो 'मैं मनुष्य हूँ'—इस प्रकार का विपरीत ज्ञान दिखाई दे रहा है, वह तो केवल लम्बे अरसे के अभ्यस्त वासनाओं के कारण ही है। विपरीत ज्ञान न होने पर भी कल्पित (उत्पन्न होता है)। जब प्रारब्ध कर्म क्षीण हो जाते हैं तब अवधूत का सब व्यवहार बन्द हो जाता है। परन्तु यदि प्रारब्ध कर्म क्षीण न हुए हों, तब तो हजारों ध्यान करने से भी या हजारों बार चिन्तन करने के बाद भी वह व्यवहार शान्त नहीं हो सकता। यदि तुम अपने व्यवहार का विरलत्व (कादाचित्क) कभी चाहते हो, तो तुम ध्यान करो। परन्तु मेरी दृष्टि में तो अब व्यवहार कुछ रहा ही नहीं है, तो मैं क्यों ध्यान करूँ ? मुझे कोई विक्षेप नहीं, कोई चित्त की अस्थिरता ही नहीं होती, तो मुझे समाधि अवस्था की आवश्यकता ही कहाँ है ? विक्षिप्त चित्तवालों को ही समाधि की जरूरत होती है। विक्षेप और समाधि तो विकारी मन के ही होते हैं।

नित्यानुभवरूपस्य को मेऽत्रानुभवः पृथक् ।
कृतं कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव नित्यशः ॥24॥
व्यवहारो लौकिको वा शास्त्रीयो वाऽन्यथापि वा ।
ममाकर्तुरलेपस्य यथारब्धं प्रवर्तताम् ॥25॥
अथवा कृतकृत्योऽपि लोकानुग्रहकाम्यया ।
शास्त्रीयेणैव मार्गेण वर्तेऽहं मम का क्षतिः ॥26॥

मैं तो नित्य परमतत्त्व का अनुभव कर रहा हूँ। इससे और अन्य अलग अनुभव क्या हो सकता है ? करने लायक सब कार्य मैं अब कर चुका हूँ, प्राप्त करने योग्य सब कुछ मैंने प्राप्त कर ही लिया है, बस यही मेरा शास्त्रीय, लौकिक या अन्य सब व्यवहार है। यह व्यवहार मुझ अकर्ता का और अलिप्त का जैसे प्रारब्ध हो, वैसे भले ही चलता रहे। अथवा मैं तो कृतकृत्य ही हूँ, फिर भी लोकानुग्रह के प्रयोजन के कारण, शास्त्रोक्त मार्ग से ही अपना व्यवहार करता हूँ, तो इसमें हानि क्या है ?

देवार्चनस्नानशौचभिक्षादौ वर्ततां वपुः ।
तारं जपतु वाक् तद्वत् पठत्वाम्नायमस्तकम् ॥27॥
विष्णुं ध्यायतु धीर्यद्वा ब्रह्मानन्दे विलीयताम् ।
साक्ष्यहं किञ्चिदप्यत्र न कुर्वे नापि कारये ॥28॥
कृतकृत्यतया तृप्तः प्राप्यप्राप्ततया पुनः ।
तृप्यन्नेवं स्वमनसा मन्यतेऽसौ निरन्तरम् ॥29॥
धन्योऽहं धन्योऽहं नित्यं स्वात्मानमञ्जसा वेद्मि ।
धन्योऽहं धन्योऽहं ब्रह्मानन्दो विभाति मे स्पष्टम् ॥30॥

यह शरीर भले ही देवपूजा, स्नान, शौच, भिक्षा आदि में प्रवृत्त होता रहे; वाणी भी भले ॐकार का जप करती रहे, आम्नाय-मस्तक (उपनिषदों का पाठ) भले ही चलता रहे, मेरी बुद्धि भले ही विष्णु का ध्यान करती रहे, अथवा फिर वह ब्रह्म में ही लीन रहा करे, परन्तु मैं तो केवल साक्षीरूप ही हूँ। मैं तो इनमें से कुछ भी करता नहीं हूँ और किसी से कुछ करवाता भी नहीं हूँ। मैं (अवधूत) तो अपनी कृतकृत्यता से अत्यन्त तृप्त हूँ। और जो प्राप्त करने योग्य है, उसे प्राप्त कर लेने से भी संतृप्त हूँ। इस प्रकार यह अवधूत सदा अपने मन से तृप्त होता हुआ रहता है। वह कहता है—'मैं अपने आत्मा को सहज रूप से जानता हूँ, मैं धन्य हूँ, मैं धन्य हूँ। मुझे ब्रह्मानन्द की स्पष्ट अनुभूति हो रही है, मैं धन्य हूँ, धन्य हूँ।'

धन्योऽहं धन्योऽहं दुःखं सांसारिकं न वीक्षेऽद्य ।
धन्योऽहं धन्योऽहं स्वस्याज्ञानं पलायितं क्वापि ॥31॥
धन्योऽहं धन्योऽहं कर्तव्यं मे न विद्यते किञ्चित् ।
धन्योऽहं धन्योऽहं प्राप्तव्यं सर्वमद्य सम्पन्नम् ॥32॥
धन्योऽहं धन्योऽहं तृप्तेर्मे कोपमा भवेल्लोके ।
धन्योऽहं धन्योऽहं धन्यो धन्यः पुनः पुनर्धन्यः ॥33॥
अहो पुण्यमहो पुण्यं फलितं फलितं दृढम् ।
अस्य पुण्यस्य संपत्तेरहो वयमहो वयम् ॥34॥
अहो ज्ञानमहो ज्ञानमहो सुखमहो सुखम् ।
अहो शास्त्रमहो शास्त्रमहो गुरुरहो गुरुः ॥35॥

मैं धन्य-धन्य हो गया क्योंकि मुझे अब संसार का दुःख कहीं दीखता ही नहीं। मैं धन्य-धन्य हो गया क्योंकि मेरा आत्मविषयक अज्ञान कभी का भाग ही गया है। मैं धन्य-धन्य हो गया, क्योंकि मेरा कोई भी कर्तव्य अब शेष नहीं रह गया। मैं धन्य-धन्य हूँ कि जो प्राप्त करने योग्य था, वह सब मुझे प्राप्त हो गया है। मैं धन्य-धन्य हो गया हूँ, क्योंकि मेरी तृप्ति की कोई भी तुलना इस लोक में किसी से नहीं की जा सकती। मैं धन्य-धन्य हो गया, क्योंकि बस धन्य, धन्य, बार-बार धन्य ही हो चुका हूँ। वाह मेरा पुण्य ! यह पुण्य पूर्णरूप से फल देने वाला हुआ है। इस पुण्य की सम्पत्ति से हम भी अहोभाव वाले हो गए हैं। हमारा ज्ञान भी तो अहोभाव से युक्त हो चुका है अब ये सब शास्त्र, ये गुरु, यह ज्ञान और हम सब धन्यवाद के पात्र (अभिनन्दन और अभिवादन के पात्र) हो गए हैं।

इति य इदमधीते सोऽपि कृतकृत्यो भवति। सुरापानात् पूतो भवति। स्वर्णस्तेयात् पूतो भवति। ब्रह्महत्यात् पूतो भवति। कृत्याकृत्यात् पूतो भवति। एवं विदित्वा स्वेच्छाचारपरो भूयात्। ॐ सत्यम्। इत्युपनिषत् ॥36॥

इति अवधूतोपनिषत्समाप्ता।

इस प्रकार कोई भी मनुष्य यदि इस उपनिषद् का पाठ करता है, तो वह भी कृतकृत्य बन जाता है। वह मदिरापान के पाप से, या सुवर्ण की चोरी करने के पाप से, ब्रह्महत्या के पाप से, कार्य-अकार्य से उत्पन्न पाप से मुक्त होकर पवित्र हो जाता है। इस प्रकार जानकर मनुष्य को अपनी विवेकजन्य बुद्धि से उत्पन्न इच्छा के अनुसार स्वतंत्र रूप से व्यवहार (वर्तन) करना चाहिए। ओम् ब्रह्म ही सत्य है, ऐसी यह उपनिषत् है।

यहाँ पर अवधूतोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ....मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

❋

(82) त्रिपुरातापिन्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह अथर्ववेदीय उपनिषत् पाँच खण्डों में विभाजित की हुई है और खण्डों को भी **'उपनिषद्'** नाम से रखा गया है। इसमें शक्ति-उपासना का निरूपण है। शक्ति का एक नाम 'त्रिपुरा' है। प्रलय में तो शिवशक्ति सामरस्य होता है। पर सृष्ट्यन्तर में ब्रह्मा, विष्णु (और रुद्र की भी) की जो विलयशक्ति है, वह त्रिपुरा भगवती है। उस शक्ति को आश्रित करके भगवान् सदाशिव के साथ वह तीनों लोकों में व्याप्त होती है और जब त्रिकूट का अवसान होता है, तब वही शक्ति बड़े (घोर) तेज से व्याप्त हो जाती है। उसे ह्रींकार, हल्लेखा आदि भी कहा गया है। इस उपनिषत् में पंचदशी महाविद्या बताई गई है। त्रिपुरास्वरूप, त्रिपुरामहामंत्र, शिवशक्तियोग से जगत्सृष्टि, वाग्भवकूट, कामकूट और शक्तिकूट का गायत्री से समन्वय, त्रिपुराध्यान, त्रिपुराविद्या, त्रिपुरादि बहुत-सी उपासनाएँ, श्रीचक्र (स्वरूप और पूजाफल, मुद्राएँ, कामकला, मृत्युंजय) उपदेश आदि बहुत से शक्तितंत्र के विषय इसमें दिए गए हैं।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोपनिषत्

अथैतस्मिन्नन्तरे भगवान् प्राजापत्यं वैष्णवं विलयकारणं रूपमाश्रित्य त्रिपुराऽभिधा भगवतीत्येवमादिशक्त्या भूर्भुवः स्वस्त्रीणि स्वर्गभूपातालानि त्रिपुराणि हरमायाऽऽत्मकेन ह्रींकारेण हल्लेखाख्या भवती त्रिकूटावसाने निलये विलये धाम्नि महसा घोरेण व्याप्नोति। सैवेयं भगवती त्रिपुरेति व्यापठ्यते ॥1॥

अब इस अविद्या के एक अन्य रूप के समय भगवान् सदाशिव ने प्राजापत्य (ब्रह्मा) का, विष्णु का और प्रलय के हेतुभूत रुद्र का रूप जिस शक्ति के द्वारा धारण किया, वह त्रिपुरा नाम की भगवती आद्या शक्ति है। उस आद्याशक्ति के द्वारा भूः, भुवः और स्वः—अर्थात् पृथ्वी, अन्तरिक्ष और स्वर्ग (अथवा पृथ्वी, स्वर्ग और पाताल) ये तीन लोक शिवशक्तिमय ह्रींकार से होते हैं वह तथा जो सभी प्राणियों के हृदय में प्रत्यक् रूप से विद्योतमान जो हल्लेखा नामक शक्ति है, वह शक्ति भी वही है। और वही शक्ति त्रिकूट के अवसान (अस्त) होने पर अर्थात् प्रलय होने पर—जब-जब त्रिकूट का प्रलय होता है तब अपने स्थान में (गुणसाम्य के पीठ में) चित्सामान्य स्वरूप में (घोर तेजोमय रूप में) व्याप्त होती है, वही भगवती शक्ति लोगों के द्वारा त्रिपुरा नाम से कही जाती है। (यहाँ त्रिकूट का अर्थ वाग्भवकूट, कामकूट और शक्तिकूट लिया जा सकता है)।

तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि ।
धियो यो नः प्रयोदयात् परो रजसेऽसावदोम् ॥2॥
जातवेदसे सुनवाम सोममरातीयतो निदहाति वेदः ।
स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वा नावेव सिन्धुं दुरितात्यग्निः ॥3॥
त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥4॥

अब उन त्रिपुरा भगवती का महामंत्र बताया जा रहा है। वह महामंत्र उपरिनिर्दिष्ट तीन मंत्रों का समूहरूप है। सदाशिव की चिच्छक्तिरूप त्रिपुराशक्ति के इस महामंत्र के कुल मिलाकर एक सौ आठ अक्षर होते हैं। पहले मंत्र के बत्तीस, दूसरे के चौवालीस और तीसरे मंत्र के बत्तीस अक्षर मिलकर कुल एक सौ आठ अक्षर होते हैं। इस अष्टोत्तर शत मंत्र के अनुष्ठान से त्रिपुरा प्रसन्न होती है। मंत्रार्थ इस प्रकार है—प्रथम मंत्र (तत्सवितुर्वरेण्यं आदि)—"देव सविता के उस वरेण्य तेज का हम ध्यान करते हैं, वे हमारी बुद्धि को प्रेरित करें।" दूसरे 'जातवेदसे' आदि का अर्थ—"हम जातवेदा को सोम की आहुति दे रहे हैं। जो लोग हमारे प्रति शत्रु का भाव रखते हों, उनकी सम्पत्ति वे नष्ट कर दें, वे हमें सारे संकटों से पार उतार दें। दुष्टता की नदी पार करने के लिए वे अग्नि हमें नाव प्रदान करें—या नाव से दुष्टता की नदी पार करवा दें।" तीसरे 'त्र्यम्बकं' आदि मंत्र का अर्थ यह है—"हम तीन आँखों वाले, सौरभ भरे, पुष्टिदायक महादेव का अर्चन करते हैं। वे मुझे पके-गले फल की तरह मृत्यु के बन्धन से मुक्त करें, पर अमृत से मुक्त न करें।"

शताक्षरी परमा विद्या त्रयीमयी साष्टार्णा त्रिपुरा परमेश्वरी । आद्यानि चत्वारि पदानि परब्रह्म विकासीनि । द्वितीयानि शाक्तानि । तृतीयानि शैवानि ॥5॥

इन तीन मंत्रों से त्रिपुरा देवी की शताक्षरी विद्या कही है। यह विद्या तीनों वेदों का स्वरूप धारण की हुई है। एक सौ आठ इसके अक्षर हैं। यही त्रिपुरा विद्या है, यह परमेश्वरी है। इस मंत्रत्रयात्मक महामंत्र के 'तत्सवितुः' आदि प्रारंभ के चार परब्रह्म का प्रकाश करने वाले हैं। 'जातवेदसे' इत्यादि दूसरे चार पद शाक्त हैं और 'त्र्यम्बकम्' आदि मंत्र के तीसरे चार पद शैव हैं।

तत्र लोका वेदाः शास्त्राणि पुराणानि धर्माणि वै चिकित्सितानि ज्योतींषि शिवशक्तियोगादित्येवं घटना व्यापठ्यते ॥6॥

इस प्रकार चित् और शिवशक्ति के योग से भूः आदि लोक, चार वेद, भरतमंत्रादि छः शास्त्र, भागवतादि पुराण, मनुस्मृति आदि सब धर्मशास्त्र, आयुर्वेदशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र—ये सब उत्पन्न होते हैं (हुए हैं)।

अथैतस्य परं गह्वरं व्याख्यास्यामः । महामनुसमुद्भवं तदिति ब्रह्म शाश्वतं परो भगवान् निर्लक्षणो निरञ्जनो निरुपाधिराधिरहितो देव उन्मीलते पश्यति विकासते चैतन्यभावं कामयत इति स एको देवः शिवरूपी दृश्यतां न विकासते यतिषु यज्ञेषु योगिषु कामयते कामं जायते । स एष निरञ्जनोऽकामत्वेनोज्जृम्भते अकचटतपयशान् सृजते । तस्मादीश्वरः कामोऽभिधीयते । तत्परिभाषया कामः ककारं व्याप्नोति । काम एवेदं तत्तदिति ककारो गृह्यते । तस्मात्तत्पदार्थ इति य एवं वेद ॥7॥

अब इस अष्टोत्तरशताक्षरी महामंत्र के परमगूढ़ार्थ को बता रहे हैं कि इस महामंत्र का आदि अक्षर जो 'तत्' है, उसका तथा उस 'तत्' पद के लक्ष्यार्थ रूप जो सन्मात्र है, उन दोनों का शाश्वतत्व है। जो स्वरूपतः शाश्वत है, जो 'पर' है, भगवान् है, लक्षणरहित है, वह निरंजन, उपाधिरहित और दुःखरहित है। फिर भी मूलाविद्या के बीजांश से युक्त होकर वे उठते हैं दृश्यरूप से विकास करते हैं, देखते हैं, तथा यतियों और यज्ञों में ज्ञानफल तथा कर्मफल की कामना भी करते हैं। इस प्रकार की कामना से कामफल उत्पन्न होता है। और ऐसी अवस्था को प्राप्त होते हुए भी जो परमेश्वर अपने मूल रूप में तो वह परमेश्वर निरंजन और कामनारहित होकर ही अवस्थित रहते हैं। वह अकचटतपयश—इन आठ वर्गों का सर्जन करते हैं, इसीलिए वही ईश्वर 'काम' नाम से कहे जाते हैं। इस तरह कार्य-कारण के एकरूप होने से 'क'कार ही तत्पदार्थ हो जाता है। ककार को काम व्याप्त करता है और वह काम ही यह 'तत्' है, इस प्रकार ककार का ग्रहण किया जाता है। अतः वह 'ककार' भी तत् पदार्थ ही है, ऐसा समन्वय जो मुनि जानता है, वह भी ईश्वर हो जाता है।

सवितुर्वरेण्यमिति षूङ् प्राणिप्रसवे सविता प्राणिनः सूते प्रसूते शक्तिम् सूते ॥8॥

अब इस महामंत्र का 'सवितुर्वरेण्यं' पद है, उसका आदि विद्या के दूसरे वर्ण 'ए'कार के साथ समन्वय इस तरह होता है कि यहाँ 'सवितृ' शब्द का अर्थ, 'षूङ् प्राणिप्रसवे' इस धातु से 'सभी प्राणियों का उत्पादक'—ऐसा होता है। सविता से शक्ति अभिन्न होने से शक्ति ही सभी प्राणियों की उत्पादक है।

त्रिपुरा शक्तिराद्येयं त्रिपुरा परमेश्वरी ।
महाकुण्डलिनी देवी जातवेदसमण्डलम् ॥9॥

वह सर्वोत्पादक शक्ति त्रिपुरा है, वह आद्या शक्ति है, वही व्यष्टि रूप से महाकुण्डलिनी देवी है वह जातवेदस के मण्डल में (मूलाधार के त्रिकोण में) व्याप्त होकर स्थित है।

योऽधीते सर्वं व्याप्यते । त्रिकोणशक्तिरेकारेण महाभागेन प्रसूते । तस्मादेकार एवा गृह्यते ॥10॥

इस प्रकार की विद्या का जो अध्ययन करता है, वह सबको व्याप्त कर रहता है। यह त्रिकोण शक्ति (कुण्डलिनी) जो है, वह महाभाग 'ए'कार के द्वारा सबका सर्जन करती है, इसलिए वह 'ए-कार' ही ग्रहण किया जाता है।

वरेण्यं श्रेष्ठं भजनीयमक्षरं नमस्कार्यम् । तस्माद्वरेण्यमेकाराक्षरं गृह्यत इति य एवं वेद ॥11॥

सविता का 'ए'कार के साथ जैसे समन्वय कहा गया, वैसे ही 'वरेण्य' शब्द के साथ भी 'एकार' का समन्वय इस प्रकार होता है—वरेण्य का अर्थ श्रेष्ठ, भजनीय, अक्षर, नमस्कार्य होता है। और वह अक्षर एक ही है। सर्वकारण रूप एकाक्षर ही वरेण्य है। इस प्रकार से जानने वाला विद्वान् अपनों और परायों में वरिष्ठ बनता है।

भर्गो देवस्य धीमहीत्येवं व्याख्यास्यामः । धकारो धारणा । धियैव धार्यते भगवान् परमेश्वरः । भर्गो देवो मध्यवर्ति तुरीयमक्षरं साक्षात्तुरीयं सर्वं सर्वान्तरभूतं तुरीयाक्षरमीकारं पदानां मध्यवर्तीत्येवं व्याख्यातं भर्गोरूपं व्याचक्षते । तस्माद्भर्गो देवस्य धीत्येवमीकाराक्षरं गृह्यते ॥12॥

अब 'भर्गो देवस्य धीमहि'—इनके साथ 'ईकार' का समन्वय बताते हैं कि इसमें 'धी' में प्रयुक्त हुआ 'ध' धारणावाचक है। क्योंकि 'धी' से ही भगवान् परमेश्वर की धारणा की जा सकती है। इसमें जो 'भर्गो देव' शब्द हैं, वे मध्यवर्ती तुरीय अक्षर जो अर्ध मात्रात्मक है, उसके वाचक हैं। यह तुरीय अक्षर है। इसी प्रकार उस अक्षर तुरीय से 'ईकार' अक्षर का भी सामानाधिकरण्य है। वह भी उसी की तरह सर्वान्तरभूत है और पदों के मध्यवर्ती होने से भर्गो रूप है, ऐसी व्याख्या की गई है। इसलिए 'भर्गो देवस्य धी'—इनसे 'ईकार' का ग्रहण किया जाता है (ईकार अक्षर लिया जाता है)।

महीत्यस्य व्याख्यानं महत्त्वं जडत्वं काठिन्यं विद्यते यस्मिन्नक्षरे तन्महि। लकारः परं धाम। काठिन्याढ्यं ससागरं सपर्वतं ससप्तद्वीपं सकाननमुज्ज्वलद्रूपं मण्डलमेवोक्तं लकारेण। पृथ्वी देवी महीत्यनेन व्याचक्षते ॥13॥

अब 'महि' पद के साथ लकार का समन्वय किया जाता है कि 'महि' इस शब्द का विवेचन करते हुए पाते हैं कि 'महि' शब्द के महत्त्व, जडत्व, काठिन्य जिस अक्षर में हो वह 'महि' कहा जाता है। इसका बीज लकार है (परंधाम = बीज) और उसका अर्थ है—सागरों, पर्वतों, सात द्वीपों, वनों के साथ दिखाई पड़ने वाला पूरा धरती मण्डल। लकार के द्वारा यह पूरा भूमण्डल कहा जाता है। इसीलिए तो पृथ्वी देवी को 'मही' कहा जाता है।

धियो यो नः प्रचोदयात्। परमात्मा सदाशिव आदिभूतः परः स्थाणुभूतेन लकारेण ज्योतिर्लिङ्गमात्मानं धियो बुद्धयः परे वस्तुनि ध्यानेच्छारहिते निर्विकल्पे प्रचोदयात् प्रेरयेदित्युच्चारणरहितं चेतसैव चिन्तयित्वा-भावयेदिति ॥14॥

'धियो यो नः प्रचोदयात्' का अर्थ यह है कि—"जो परमात्मा, सदाशिव, आदिभूत और परतत्त्व है, यह अपने स्थाणुभूत लकार के द्वारा हमारीं बुद्धियों को परात्पर वस्तु में (ज्ञानेच्छाक्रियारहित निर्विकल्प तत्त्व में) प्रेरित करे"—इस प्रकार उच्चारणरहित मन से ही ज्योतिर्लिंग रूप अनिर्वचनीय ब्रह्मभूत आत्मा की चिन्तन-मनन द्वारा भावना करनी चाहिए।

परो रजसेऽसावदोमिति तदवसाने परज्योतिरमलं हृदि दैवतं चैतन्यं चिल्लिङ्गं हृदयागारवासिनी हल्लेखेत्यादिना स्पष्टं वाग्भवकूटं पञ्चाक्षरं पञ्चभूतजनकं पञ्चकलामयं व्यापठ्यत इति। य एवं वेद ॥15॥

अब ऊपर महामंत्र में दिए गायत्रीमंत्र के चौथे पाद का और हल्लेखा का समन्वय कहते हैं कि रजोगुण से, अर्थात् तीनों गुणों से जो परे है, वह तुर्यतुर्य रूप यह जो ओंकार है, जो अब मुझसे दूर-सा है, वह मेरे हृदय में पूर्ण ज्योति, निर्मल, चैतन्य (चिल्लिग) यही सभी प्राणियों के हृदय में भी प्रत्यगभिन्न रूप से विद्योतमान है। उसके साथ अभेद के द्वारा हृदयगुहास्थित चिच्छक्ति हल्लेखा ह्रींकाररूपिणी व्याख्यात होती है।

अथ तु परं कामकलाभूतं कामकूटमाहुः। तत्सवितुर्वरेण्यमित्यादि-द्वात्रिंशदक्षरीं पठित्वा तदिति परमात्मा सदाशिवोऽक्षरं विमलं निरुपाधि-तादात्म्यप्रतिपादनेन हकाराक्षरं शिवरूपं अनक्षरमक्षरं व्यालिख्यत इति तत्परागव्यावृत्तिमादाय शक्तिं दर्शयति ॥16॥

(इस प्रकार जैसे 7 से 15 मंत्रों तक वाग्भवकूट का गायत्री के साथ समन्वय किया गया, उसी तरह अब 16 से 22 मंत्रों तक कामकलाकूट का भी गायत्री के साथ समन्वय किया जा रहा है; यथा—) कामकला परिणत को ही साम्प्रदायिक लोग कामकलाकूट कहते हैं। 'तत्सवितुर्वरिण्यं' इत्यादि बत्तीस अक्षर वाली गायत्री को पढ़कर उसमें जो अधि पद 'तत्' है, वह तत्पदार्थ परमात्मा, अक्षर, सदाशिव, जो निर्मल, निरुपाधि तादात्म्य के प्रतिपादन से हकाराक्षर शिवरूप होता है। अर्थात् अक्षर शिवरूप होता है, शिव अक्षररूप नहीं होते, पर उस अनक्षर को समन्वय के अभिप्राय से अक्षर के रूप में व्याख्यापित किया जाता है। इस तरह उसकी बाहर की आवृत्ति को लेकर (व्यावृत्ति को लिये बिना) शक्ति को बताया है। पराग्व्यावृत्तसिद्ध शिवरूप है, उसका विपरीत जो हकाराद्यक्षर है, उसके पराग्भाव को लेकर ही हकारादि शक्ति बताते हैं।

तत् सवितुरिति पूर्वेणाध्वना सूर्याधश्चन्द्रिकां व्यालिख्य मूलादि-ब्रह्मरन्ध्रगं साक्षरमद्वितीयमाचक्षत इत्याह भगवन्तं देवं शिवशक्त्या-त्मकमेवोदितम् ॥17॥

इस प्रकार 'तत्सवितुः' में भी जो पहले तत्पद के साथ समन्वित सूर्य बीज हकार है, उसके नीचे (पीछे) चन्द्रिका को (चन्द्रबीज सकार को) सविता शब्द के साथ समन्वित करना चाहिए। वह सवितृचैतन्य मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्धपर्यन्त व्याप्त होकर रहता है और साक्षर अर्थात् अद्वितीय सकाराक्षर भी इसलिए ज्ञानियों (तत्त्वज्ञों) के द्वारा अद्वितीय कहा जाता है, ऐसा श्रुति कहती है—'जिसका तत्त्व से और सवितृत्व से ध्यान किया जाता है, वह शिवशक्त्यात्मक भगवान् देव को ही उदित होता है'।

शिवोऽयं परमं देवं शक्तिरेषा तु जीवजा।
सूर्याचन्द्रमसोर्योगाद्धंसस्तत्पदमुच्यते ॥18॥
तस्मादुज्जृम्भते कामः कामात् कामः परः शिवः।
कार्णोऽयं कामदेवोऽयं वरेण्यं भर्ग उच्यते ॥19॥

ब्रह्मवेत्ता लोग जिस सवितादेव को परम परमात्मा कहते हैं, वह यह शिव है और जो जीवत्व से उत्पन्न हुई है, वह शक्ति (मूल शक्ति) है। हकारार्थ सूर्य तत्पदार्थ शिव और सकारार्थ चन्द्रमा, त्वपदार्थ बीजभूत प्रकृति, उनमें स्थित हेय अंश को छोड़ने से उनके लक्ष्यभूत सूर्य-चन्द्र के योग से हंस प्रत्यग् भिन्न परमात्मा तत्त्व से प्राप्त है। इस तरह तत्पर निर्विशेष ब्रह्म कहा जाता है। इसलिए जो परमशिव विविध कामों का सर्जन करते हैं, उस परमशिव से काम = ककार प्रस्फुटित होता है। जो स्वरूप वरणीय भर्ग, निरतिशय ज्योतिस्वरूप है, वह यह कवर्ण (ककार) कामदेव परमेश्वर है।

तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवः क्षीरं सेवनीयमक्षरं समधुघ्नमक्षरं परमात्म-जीवात्मनोर्योगात् तदिति स्पष्टमक्षरं तृतीयं ह इति तदेव सदाशिव एव निष्कल्मषो द्यो देवोऽन्त्यमक्षरं व्याक्रियते परमं पदम् ॥20॥

इस तरह 'तत्सवितुर्वरेण्यम्' पद के बाद जो 'देव' पद है, उसका हकार निष्पन्न करना है। देव यानी दूध, जो कि सेवन करने लायक है। इसका द्योतक वर्ण 'ह' है। यह 'ह' अक्षर शिव-शक्ति के योग से उत्पन्न होने वाले इस जगत्रूपी मधु का नाशक है। परमात्मा और जीवात्मा के तादात्म्य से 'तद्' ऐसे स्पष्ट अक्षर से तृतीय—तुरीय 'ह' ही है और वह सदाशिव परमात्मा का द्योतक है। वह सदाशिव स्वयं है, शाश्वत है, आदिदेव है और उसी हकार को परमपद कहा गया है।

धीति धारणं विद्यते जडत्वधारणं महीति लकारः शिवाधस्तात्तु लकारार्थः स्पष्टमन्त्यमक्षरं परमं चैतन्यं धियो यो नः प्रचोदयात् ॥21॥

'धीमहि' पद के 'धी' का अर्थ धारण करना होता है और धारण करने रूप जडत्व को महि की (पृथ्वी की) गुणशक्ति मानकर पृथ्वीबीज लकार आता है। इस तरह चौथे अक्षर 'ह'कार के बाद पाँचवाँ अक्षर लकार आता है। ऐसे पाँच अक्षर बनने के बाद स्पष्ट रूप से ही 'परमचैतन्यरूप वह परमात्मा हमारी बुद्धि को प्रेरित करें' ऐसी प्रार्थना है। इस तरह गायत्रीमंत्र से दूसरे कूट के पाँच अक्षर बनते हैं।

परो रजसेऽसावदोमित्येवं कूटं कामकलाऽऽलयं षडध्वपरिवर्तको वैष्णवं परमं धामैति भगवांश्चैतस्माद्य एवं वेद ॥22॥

'परो रजसेऽसावदोम्' इस पद का पहले की तरह ही 'ह्रीं' अक्षर निष्पन्न करके—हल्लेखा का रूप देकर—दूसरा कूट बनाया जाता है। इस कूट के छः अक्षर मूलाधारादि छः चक्र हैं और षट्चक्र के इस मार्ग में (षडध्वा) आने-जाने वाला योगी परमवैष्णवधाम में जाता है (ब्रह्मरन्ध्र में परमशिव का साक्षात्कार करता है); यह जो जानता है, वह सब कुछ जानता है।

अथैतस्मादपरं तृतीयं शक्तिकूटं प्रति पद्यते द्वात्रिंशदक्षर्या गायत्र्या ॥23॥
तत् सवितुर्वरेण्यं तस्मादात्मन आकाश आकाशाद्वायुः स्फुरते तदधीनं वरेण्यं समुदीयमानं सवितुर्वा योग्यो जीवात्मपरमात्मसमुद्भवस्तं प्रकाशशक्तिरूपं जीवाक्षरं स्पष्टमापद्यते ॥24॥
भर्गो देवस्य धीत्यनेनाधाररूपशिवात्माक्षरं गण्यते महीत्यादिना शेषं काम्यं रमणीयं दृश्यं काम्यं रमणीयं शक्तिकूटं स्पष्टीकृतमिति ॥25॥

अब इससे और आगे तीसरा शक्तिकूट भी इस बत्तीस अक्षरवाली गायत्री से निष्पन्न होता है। जैसे गायत्रीमंत्र के 'तत्' (पद से हकार = शिवतत्व) और 'सवितुः' (पद से प्रसव देने वाली शक्ति का 'सकार') इस प्रकार शिवशक्त्यात्मक संयोग को शिव का द्योतक 'हकार' माना गया है। और वह हकार आकाश का बीज है, इसलिए उस हकार से आकाश उत्पन्न हुआ, आकाश से वायु उत्पन्न हुआ। उस वायु के स्फुरण से उदीयमान जगमगाते सूर्य का वरेण्य तेज ही जीवात्म-परमात्म-संयोग से उत्पन्न हुआ प्रकाशशक्ति रूप जीवनतत्त्व है। उसका द्योतकवर्ण 'सकार' है। 'भर्गो देवस्य धी'—इसका द्योतक 'ककार' है, क्योंकि वह कामराज है। 'महि' पद का द्योतक वर्ण 'लकार' है। और शेष पदसमूह (धियो यो नः प्रचोदयात्, परो रजसेऽसावदोम्) का अर्थ 'ह्रींकार' होता है। इस प्रकार यह तीसरा शक्तिकूट (जगत्रूपी) रमणीय दृश्यमय और सुन्दर है। इसका स्पष्टीकरण ऊपर बताया गया है।

एवं पञ्चदशाक्षरं त्रैपुरं योऽधीते स सर्वान् कामानवाप्नोति स सर्वान् भोगानवाप्नोति स सर्वान् लोकान् जयति स सर्वा वाचो विजृम्भयति स रुद्रत्वं प्राप्नोति स वैष्णवं धाम भित्त्वा परं ब्रह्म प्राप्नोति य एवं वेद ॥26॥

इस प्रकार पंचदशाक्षर त्रैपुर मंत्र का जो जाप करता है, वह भावक सभी मनोरथों को प्राप्त करता है। वह सभी भोग प्राप्त करता है। सभी लोकों पर वह विजय प्राप्त करता है। वह सभी प्रकार की—चारों वाणी को विकसित कर सकता है। वह रुद्र बन सकता है, वह वैष्णव धाम का भेद कर ब्रह्मधाम

को प्राप्त कर सकता है। जो यह जानता है, वह सब कुछ जानता है, ऐसा मानना चाहिए। इस प्रकार पंचदशाक्षरी आद्या विद्या को ब्रह्मगायत्री के साथ खण्ड करके समन्वित करने के बाद इस आद्य विद्या का जो 'सकलह्रीं' शक्तिकूट है इसमें से 'स क' ऐसी शक्ति शिव नाम की प्रथम विद्या है। इसी तरह इस पंचदशाक्षरी विद्या के कुल बारह भेद बताए हैं।

एवमाद्यां विद्यामभिधायैतस्याः शक्तिकूटं शक्तिशिवाद्या। लोपामुद्रेयं द्वितीये धामनि ॥27॥
पूर्वेणैव मनुना बिन्दुहीना शक्तिभूतहल्लेखा क्रोधमुनिनाऽधिष्ठिता तृतीये धामनि ॥28॥
पूर्वस्या एव विद्याया यद्वाग्भवकूटं तेनैव मानवीं चान्द्रीं कौबेरीं विद्यामाचक्षते ॥29॥
मदनाधः शिवं वाग्भवम्, तदूर्ध्वं कामकलामयम्, शक्त्यूर्ध्वं शक्तिमिति मानवी विद्या चतुर्थे धामनि ॥30॥
शिवशक्त्याख्यं वाग्भवं तदेवाधः शिवशक्त्याख्यमन्यत्तृतीयं चेयं चान्द्री विद्या पञ्चमे धामनि ध्येयेयम् ॥31॥
चान्द्री कामाधः शिवाद्यकामा सैव कौबेरी षष्ठे धामनि व्याचक्षत इति य एवं वेद ॥32॥

इस प्रकार आद्या विद्या पंचदशाक्षरी को बताकर इसके बीच शक्तिकूट तथा शक्तिशिव विद्या व्यष्टिसमष्टि की जाग्रदवस्था में पहले धाम में संभाव्य है। और 'हसकहलह्रीं'—स्वरूपा लोपामुद्रा नामक विद्या को दूसरे धाम में संभावित करना चाहिए। अब उस दूसरे धाम के मंत्र से बिन्दु (अनुस्वार) को निकालकर (ह्रीं के बदले ह्री कहकर) जो विद्या क्रोधमुनि दुर्वासा के द्वारा आराधित है, वह तीसरे धाम में संभाव्य है। और पहले बताई गई लोपामुद्राविद्या का ही जो वाग्भवकूट योजित किया गया है, उसी योजना के अनुसार ही मनु, चन्द्र, कुबेर के द्वारा उस विद्या की आराधना की गई थी। इसलिए उस विद्या को सम्प्रदायविद् मानवी, चान्द्री, कौबेरी विद्या भी कहते हैं। उनमें मानवी विद्या यह है, जो मदन (कामकूट - क्लीं) के नीचे (पीछे) वाग्भवरूप शिव है, उसके ऊपर कामकलामय है, उसके ऊपर सादिविद्यारूप शक्तिकूट है। (अर्थात् हविद्या, काविद्या और साविद्या का क्रम प्रतिपादन होने से मूल में 'शक्त्यूर्ध्वं' ऐसा कहा गया है। मनु के द्वारा आराधित यह मानवी विद्या चौथे धाम में अभिन्न रूप से संभाव्य है। पाँचवीं चान्द्री विद्या यह है जिसके आदि में शिवशक्त्याख्य हादि, बाद में वाग्भव कादि, फिर से वही शिवशक्त्याख्य नीचे हादि और अन्य तृतीय सादि—ऐसी जो यह चार खण्डों से विशिष्ट विद्या चन्द्र के द्वारा आराधित है, वह चान्द्री विद्या पंचम धाम में संभाव्य है। और जो चार खण्डवाली कही गई उसके बाद यदि शिवाद्यकामा हादिविद्या जोड़ दी जाए, तो पंचखण्डात्मिका यह कुबेर द्वारा आराधित विद्या कौबेरी कही जाती है। ऐसा जो जानता है, वह कुबेर की तरह समृद्धि वाला सब कुछ है।

हित्वेकारं तुरीयस्वरं सर्वादौ सूर्याचन्द्रमस्केन कामेश्वर्यैवागस्त्यसंज्ञा सप्तमे धामनि ॥33॥
तृतीयमेतस्या एव पूर्वोक्तायाः कामाद्यं द्विधाऽधः कं मदनकलाऽऽद्यं शक्तिबीजं वाग्भवाद्यं तयोरर्धावशिरस्कं कृत्वा नन्दिविद्येयमष्टमे धामनि ॥34॥

वाग्भवमागस्त्यं वागर्थकलामयं कामकलाऽभिधं सकलमायाशक्तिः प्रभाकरी विद्येयं नवमे धामनि ॥35॥
पुनरागस्त्यं वाग्भवं शक्तिमन्मथशिवशक्तिमन्मथोर्वीमायाकामकलालयं चन्द्रसूर्यानङ्गधूर्जटिमहिमायं तृतीयं षण्मुखीयं विद्या दशमे धामनि ॥36॥
विद्याप्रकाशितया भूय एवागस्त्यविद्यां पठित्वा भूय एवेमामन्त्यमायां परमशिवविद्येयमेकादशे धामनि ॥37॥
भूय एवागस्त्यं पठित्वा एतस्या एव वाग्भवं यद्धनजं कामकलाऽऽलयं च तत्सहजं कृत्वा लोपामुद्रायाः शक्तिकूटराजं पठित्वा वैष्णवी विद्या द्वादशे धामनि व्याचक्षत इति य एवं वेद ॥38॥

कादि-विद्या के तुरीय स्वर ई को छोड़कर उसके तीनों खण्डों में 'हसहस' को प्रारंभ में योजित करके यदि ऐसी खण्डत्रयात्मक विद्या की उपासना की जाए, तो वह कामेश्वरी को प्रसन्न करने वाली होती है। अथवा तो इस प्रकार के उपासक का अभीप्सित पूर्ण होता है और निरवधि कामैश्वर्य प्राप्त होता है। यह विद्या अगस्त्य के द्वारा आराधित होने से इसका नाम अगस्त्य विद्या है। यह सातवें धाम में संभाव्य है। और जो पूर्वोक्त यह अगस्त्य विद्या है उसके पूर्व में 'हह' और 'सक' (दो कामाद्य और मदनाद्य तथा शक्तिबीज तथा वाग्भवाद्य) को अर्धशिरस्क करके नन्दिनी विद्या होती है और वह आठवें धाम में संभाव्य होती है। (सकार और ककार का—अर्थात् शक्तिबीज और वाग्भवाद्य का —प्लुतोच्चारण अर्धमात्रामस्तक करना चाहिए।) अब प्राभाकरी विद्या यह है कि जिसके प्रारंभ में कादि वाग्भवकूट हो, बाद में आगस्त्यविद्या वागर्थ कलामय शिवशक्त्यात्मक, कामकलानामक हादि और सकलमाया शक्ति शक्तिकूट को मिलाकर प्रभाकर के द्वारा आराधित प्राभाकरी विद्या होती है जो नवम धाम में संभाव्य है। वाग्भव कादि, शक्तिबीज ह्रीं, मन्मथबीज क्लीं, शिवशक्तिबीज हंस, फिर से मन्मथबीज क्लीं, उर्वीबीज ल, मायाबीज ह्रीं, कामकलालय ह आदि छः अक्षर, चन्द्रसूर्य बीज सोऽहम्, अनंगबीज क्लीं, धूर्जटिबीज हम्, महिमाबीज स, फिर से तृतीय बीज हंसः सोऽहं, हंसः—इनके संयोजन से षण्मुख द्वारा आराधित षण्मुखी विद्या होती है। दसवें धाम में तद्भेद रूप से उसकी भावना करनी चाहिए। इस षण्मुखी विद्या के साथ फिर से अगस्त्यविद्या को पढ़कर फिर से ही इस अन्त्यमा में भी अन्तिमा इस तुर्यरूपिणी पर अधिष्ठित सर्वसाक्षी शिव होते हैं, यही वह परमशिवविद्या है। षण्मुखी विद्या और अगस्त्यविद्या मिलकर परमशिवविद्या होती है। यह विद्या एकादश धाम में (ग्यारहवें भावना स्थान में) भावित की जाती है। अब वैष्णवी विद्या यह है—फिर से अगस्त्यविद्या पढ़कर उसके साथ कादि वाग्भव, कौबेर कामकलालय तथा हादि षड् अक्षरों को मिलाकर, पूर्वोक्त लोपामुद्राविद्या हादि विद्या से परिणत सादि शक्तिकूटराज को पढ़कर यह सब कुछ चित्सामान्य महाविद्यात्मक जो सम्यग्ज्ञान का स्वरूप है, वह विष्णु के द्वारा अधिष्ठित है, इसलिए इसे 'वैष्णवी विद्या' कहते हैं। द्वादश धाम में उसके साथ अभेद की भावना करनी चाहिए।

इस तरह पंचदशाक्षरी आदि विद्या के शक्तिकूट 'सकलह्रीं' में से 'स' 'क' ऐसी शक्तिशिव नाम की प्रथम विद्या होती है, इसी प्रकार कुल बारह भेद—बाहर विद्याएँ जो उत्पन्न होती हैं उसका विवरण ऊपर दिया गया है। उपनिषद् में बताए गए ये भेद नीचे के कोष्ठक में सरलता से समझने के लिए दिये जाते हैं।

क्रम	विद्यानाम	विद्या का स्वरूप	ऋषि	भावनास्थान	अवस्थात्मक स्थान
1.	शिवशक्ति विद्या	स क	—	प्रथम धाम	व्यष्टि समष्टि की जाग्रतावस्था
2.	लोपामुद्रा विद्या	हसकहलह्रीम्	लोपामुद्रा	द्वितीय धाम	व्यष्टि-समष्टि की स्वप्नावस्था
3.	दुर्वासा विद्या	हसकहलह्री	दुर्वासा क्रोधमुनि	तृतीय धाम	व्यष्टि-समष्टि की सुषुप्तावस्था
4.	मानवी विद्या	हसकहलह्री क ए ई ल ह्री सकलह्रीम्	मनु	चतुर्थ धाम	व्यष्टि की जाग्रदवस्था के आरोपाधार विश्व में विश्वरूप में
5.	चान्द्री विद्या	हसकहलह्रीं, क ए ई ल ह्रीं हसकईलह्रीं, सकलह्रीम्	चन्द्र	पंचम धाम	व्यष्टि की स्वप्नावस्था के प्रपञ्चारोप के आधारज्ञानी में
6.	कौबेरी विद्या	हसकहलह्रीं क ए ई ल ह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं हसकहलह्रीं	कुबेर	षष्ठ धाम	व्यष्टि की सुषुप्तावस्था के प्रपञ्चरूप आरोप के आधार ज्ञानी में
7.	अगत्स्य विद्या	हसकएलह्रीं, हसहसकहलह्रीं	अगस्त्य	सप्तम धाम	समष्टि की जाग्रत् अवस्था के प्रपञ्च के आधार विराट् में
8.	नन्दिविद्या	हहसक हसक एलह्रीं हसहस कहलह्रीं हसस कलह्रीं	नन्दी	अष्टम धाम	समष्टि की स्वप्नावस्था रूप प्रपञ्चाधार सूत्रात्मा में
9.	प्राभाकरी विद्या	क ए ई ल ह्रीं हसकएलह्रीं हसहसकहलह्रीं हससकलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं	प्रभाकर (सूर्य)	नवम धाम	समष्टि की सुप्तावस्था के प्रपञ्चाधार बीज ईश्वर में
10.	षण्मुखी विद्या	ह्रीं क्लीं हंस क्लीं लं ह्रीं हसकहलह्रीं सोहं क्लीं हंसः ह्रीं हंसः सोहं हसः	षण्मुख (स्कन्द)	दशम धाम	व्यष्टि-समष्ट्यात्मक जाग्रत् प्रपंच के अपवादाधार ओतृ चैतन्य में
11.	परमशिव विद्या	ह्रीं क्लीं हसः क्लीं लं ह्रीं हसकहलह्रीं सोहं क्लीं हंसः ह्रीं हंसः सोहं हंसः	परमशिव	एकादश धाम	व्यष्टि-समष्टि के स्वप्न प्रपंच के अपवादाधार अनु ज्ञातृ चैतन्य में

12.	वैष्णवी विद्या	हसकएलह्रीं हसहस कहलह्रीं हससकलह्रीम् हसकएलह्रीं, हस हसकहलह्रीं हस सकलह्रीं कएई लह्रीं हसकहलह्रीं कएईलह्रीं, हसक हलह्रीं सकलह्रीं हसकलह्रीं हसक लहकह्रीं सकल ह्रीम्	विष्णु	द्वादश धाम	व्यष्टिसमष्ट्यात्मक जाग्रत् स्वप्न-सुषुप्ति प्रपञ्चापवादाधार अनुज्ञैक चैतन्य में

इस प्रकार 27 से 38 कण्डिकाओं (खण्डों) का पूरा विवरण ऊपर के कोष्टक में दिया गया है। इससे उन गद्यमंत्रों का अर्थ समझने में सरलता होगी।

तान् होवाच भगवान् सर्वे यूयं श्रुत्वा पूर्वां कामाख्यां तुरीयरूपां तुरीयातीतां सर्वोत्कटां सर्वमन्त्रासनगतां पीठोपपीठदेवतापरिवृतां सकलकलाव्यापिनीं देवतां सामोदां सपरागां सहृदयां सामृतां सकलां सेन्द्रियां सदोदितां परां विद्यां स्पष्टीकृत्वा हृदये निधाय विज्ञायानिलयं गमयित्वा त्रिकूटां त्रिपुरां परमां मायां श्रेष्ठां परां वैष्णवीं संनिधाय हृदयकमलकर्णिकायां परां भगवतीं लक्ष्मीं मायां सदोदितां महावश्यकरीं मदनोन्मादनकारिणीं धनुर्बाणधारिणीं वाग्विजृम्भिणीं चन्द्रमण्डल-मध्यवर्तिनीं चन्द्रकलां सप्तदशीं महानित्योपस्थितां पाशाङ्कुशमनोज्ञ-पाणिपल्लवां समुद्यदर्कनिभां त्रिणेत्रां विचिन्त्य देवीं महालक्ष्मीं सर्वलक्ष्मीमयीं सर्वलक्षणसंपन्नां हृदये चैतन्यरूपिणीं निरञ्जनां त्रिकूटाख्यां स्मितमुखीं सुन्दरीं महामायां सर्वसुभगां महाकुण्डलिनीं त्रिपीठमध्यवर्तिनीमकथादिश्रीपीठे परां भैरवीं चित्कलां महात्रिपुरां देवीं ध्यायेन्महाध्यानयोगेनेयमेवं वेदेति महोपनिषत् ॥39॥

इति प्रथमोपनिषत्।

फिर उन ऋषियों से भगवान् सदाशिव ने कहा कि—'तुम लोगों ने इस आद्य विद्या को सुना और सुनोगे भी। यह विद्या कामेश्वरविद्या है, वह प्रणव में अर्धमात्रारूप तुरीयविद्या है, सर्वोत्कृष्ट है, सर्वमंत्रों की आधारभूत है, यह पीठ-उपपीठ आदि स्थानाधिष्ठात्री देवताओं से चारों ओर आवृत है, प्राणादि सभी कलाओं से व्याप्त है, आनन्दपूर्ण है, उपासक के चित्त में रहने वाली है, सहृदय-अमृतमय-सकल-सेन्द्रिय-सदोदित ऐसी यह परा विद्या है। इस विद्या को रहस्य के साथ स्पष्ट रूप से 'अहं ब्रह्मास्मि' की दृढ़ भावना के साथ हृदय में धारण करके, ब्रह्म के सिवा और कुछ है ही नहीं—ऐसा समझकर (सबको ब्रह्मरूप देखकर) सकल चित्तवृत्ति को ब्रह्मपद में स्थिर करके हृदयकमल की कर्णिका में परा भगवती को त्रिकूटा (पंचदशाक्षरी विद्या) के रूप में—महात्रिपुरसुन्दरी के रूप में (भगवान् विष्णु की श्रेष्ठतम महामाया के रूप में) स्थापित करके, ध्यान में दृढ़, चित्तवृत्ति को तदाकार करके ऐसी कल्पना (भावना) करनी चाहिए कि वह लक्ष्मी के रूप में (माया के रूप में) नित्य विकसित पराशक्ति

है, वह इन्द्रियविजयिनी है, वह मदन (कामदेव) को भी पागल बनाने वाली है, वह धनुषबाण धारण करने वाली है, वह वाणी को विकसित करने वाली है, वह चन्द्रमंडल के मध्य में रहने वाली है, वह षोडश नित्याओं में और एक सत्रहवीं नित्या (महानित्या) के रूप में उपस्थित रहने वाली है,. वह अपने मनोहर हाथों में पाश और अंकुश को धारण किए हुए है, वह उदीयमान सूर्य जैसी, सूर्य-चन्द्र-अग्नि के तीन नेत्रों वाली है''।—इस प्रकार की कल्पना करके सर्वशोभासमन्वित और सर्वशुभलक्षणसम्पन्न देवी महालक्ष्मी का अर्थात् चित्कलारूपी श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी का ऐसा ध्यान हृदय में करना चाहिए कि जो देवी चैतन्यरूप है, जो त्रिकूटनामधारिणी है, जो स्मितमुखी, सुन्दरी, महामाया, सर्वसौभाग्यमयी, महाकुण्डलिनी है। जो मूल-उड्डयाण-जालन्धर—इन तीन पीठों के मध्य स्थान में अकथादि श्रीपीठ के ऊपर विराजमान है। जो महाकुण्डलिनी शक्ति के रूप में है, ऐसी भगवती महात्रिपुरासुन्दरी का महासमाधि में ध्यान करना चाहिए (साक्षात्कार करना चाहिए)। जो साधक इस तरह महात्रिपुरसुन्दरी को जानता है, वह कृतकृत्य होता है। ऐसी यह उपनिषत् है।

यहाँ प्रथमोपनिषत् पूर्ण हुई।

❋

द्वितीयोपनिषत्

अथातो जातवेदसे सुनवाम सोममित्यादि पठित्वा त्रैपुरी व्यक्ति-र्लक्ष्यते ॥1॥

भगवान् सदाशिव कहते हैं—'जातवेदसे सुनवाम' इस ऋचा को इस महामंत्र की अर्थ-भावना के साथ जपने से साधक को त्रिपुरासुन्दरी का साक्षात्कार होता है।

जातवेदस इत्येकर्चसूक्तस्याद्यमध्यमावसानेषु तत्र स्थानेषु विलीनं बीजसागररूपं व्याचक्ष्वेत्यृषय ऊचुः ॥2॥

यह सुनकर ऋषियों ने कहा कि—'जातवेदसे' इस एक मंत्र वाले सूक्त के आदि, मध्य और अन्त भाग में गुप्तरूप में रहे हुए सूक्ष्म (बीज) और वृहत् (सागर) स्वरूप का आप विवेचन कीजिए।

तान् होवाच भगवान्। जातवेदसे सुनवाम सोमं तदन्त्यमवाणीं विलोमेन पठित्वा प्रथमस्याद्यं तदेव दीर्घं द्वितीयस्याद्यं सुनवाम सोममित्यनेन कौलं वामं श्रेष्ठं सोमं महासौभाग्यमाचक्षते ॥3॥
सर्वसम्पत्तिभूतं प्रथमं निवृत्तिकारणं द्वितीयं स्थितिकारणं तृतीयं सर्ग-कारणमित्यनेन करशुद्धिं कृत्वा त्रिपुराविद्यां स्पष्टीकृत्वा जातवेदसे सुनवाम सोममित्यादि पठित्वा महाविद्येश्वरीविद्यामाचक्षते ॥4॥

तब भगवान् ने उन ऋषियों से कहा—'जातवेदसे सुनवाम सोमं' इस मंत्र भाग का अर्थ यह है—इसमें 'जातवेदसे' पद कुण्डलिनी का उद्बोधक सम्बोधन है कि हे कुण्डलिनीशक्ति ! सहस्रा दल कमल में से स्रवित अमृतरस को (सोम को) हम 'सुनवाम' = पीएँ। इसका समन्वय-रहस्य ऐसा है कि—त्रिकूटात्मक पंचदशीमंत्र का अन्त्यकूट 'सकलह्रीं' है, उसे उल्टा बोलने से तथा दूसरे कूट के प्रथम अक्षर को दीर्घ बोलने से 'ॐ ह्रीं लकसकाह' ऐसा कुण्डलिनीमंत्र होता है। इस मंत्रजाप से उत्थापित कुण्डलिनी ही जातवेदा है। उसका सम्बोधन 'जातवेदसे' होता है। (भावना यह है कि हे जातवेदा, हम सब मिलकर कब सोमपान करेंगे ? अन्तः जाग्रत् हो, षट्चक्र का भेद हो आदि)। इस

एक ही मंत्र में—(1) कौल (अविद्या और उसके कार्यों का विलय), (2) वाम (आत्मा के सिवा अन्य ज्ञानों का प्रतिषेध सामर्थ्य), (3) श्रेष्ठ (अद्वितीय एक ज्ञान), (4) सोम (कारुण्यभाव का ज्ञान) और (5) महासौभाग्य (इन चारों पूर्वोक्त भावों का समवाय)—इन पाँचों ज्ञानों का इसमें समावेश है। और यह ज्ञान ही त्रिपुरासुन्दरी विद्या है। यही श्रीविद्या है और इसलिए ही उसे ब्रह्मविद्या कहा जाता है, अथवा उसे सर्वश्रेष्ठ मंत्रराज कहा जाता है। इस महासौभाग्य की प्राप्ति के लिए साधक को इस त्रिकूटा विद्या (पंचदशी महामंत्र) के तीनों कूटों से करन्यास करना चाहिए। इस त्रिकूटा विद्या का (पंचदशी विद्या का) प्रथम कूट निवृत्ति का कारण होता है, वह रुद्रस्वरूपी है। दूसरा कूट स्थितिकारक है, वह विष्णुस्वरूपी है, और तीसरा कूट सर्गकारक है, वह ब्रह्मास्वरूपी है। अत: इन तीन कूटों के द्वारा करन्यास करना चाहिए। और बाद में त्रिपुराविद्या का जाप (पंचदशी मंत्र का जाप) करना चाहिए। और इसके बाद, 'जातवेदसे सुनवाम'—इस मंत्र का जाप करना चाहिए। इस तरह पंचदशीमंत्र के साथ संलग्न 'जातवेदसे' ऋचा हो, तब दोनों मिलकर एक मंत्र होता है। इस मंत्र को 'महाविद्येश्वरी विद्या' कहा जाता है। (सामान्यरूप से मध्यमा से शुरू होते हुए करन्यास के बदले यहाँ तीन कूट से करन्यास करने को कहा गया है। कुछ साधक अन्य रीति से भी करन्यास करते हैं, परन्तु सामान्यरूप से त्रिपुरासुन्दरी के न्यास प्रकरण में बताया गया न्यास-प्रकार ही सूत्रकार एवं अन्य निबन्धकारों को मान्य है)।

त्रिपुरेश्वरीं जातवेदस इति जाते आद्यक्षरे मातृकायाः शिरसि बैन्दवम-मृतरूपिणीं कुण्डलिनीं त्रिकोणरूपिणीं चेति वाक्यार्थः ॥5॥

जब त्रिपुरासुन्दरी को 'जातवेदसे' इस सम्बोधन के द्वारा पहचाना गया, तब उसके मर्मार्थ को जानने के लिए 'जातवेदसे' शब्द का अर्थ ॐ कार के ऊपर के अर्ध चन्द्राकार के बिन्दु के लिए करना चाहिए। यह बिन्दु सभी अक्षरों के आद्यक्षर ॐ कार के ऊपर है। परमात्मा शिव सहस्रार में ॐकार के रूप में हैं। वहाँ उस भगवती का बिन्दुस्वरूप है। अथवा तो उसकी अग्नि के रूप में भावना भी की जा सकती है। कुलकुण्ड मूलाधार में कुण्डलिनी के आधार स्थानरूप त्रिकोणाकार कुण्ड में स्थित कुण्डलिनी की भावना करो। यह कुण्डलिनी सभी नाड़ियों के कन्द के रूप में होने से सभी नाड़ियों का पोषण करने वाली अमृतस्वरूपिणी है तथा यह उसका व्यष्टिस्वरूप है—ऐसा वाक्यार्थ है।

एवं प्रथमस्याद्यं वाग्भवं द्वितीयं कामकलालयं जात इत्यनेन परमात्म-नोज्जृम्भणम् ॥6॥

इस तरह पंचदशी महाविद्या का प्रथम कूट 'वाग्भव कूट' है (क ए इ ल ह्रीं), दूसरा 'कामकलाकूट' है (हसकहलह्रीं) और तीसरा शक्तिकूट (सकलह्रीं) है। इन तीनों कूटों के लिए यहाँ पर त्रिपुरा महाविद्या की तीन ऋचाएँ दी गई हैं—(1) तत्सवितु०, (2) जातवेदसे०, (3) त्र्यम्बकं०। इनमें दूसरी ऋचा (जातवेदसे०) कामकलाकूट है। और उसका स्वरूप अग्नि की तरह विकासशील है। ऐसे अग्नि की तरह परमात्मा भी विकासशील है।

जात इत्यादिना परमात्मा शिव उच्यते ॥7॥
जातमात्रेण कामी कामयते काममित्यादिना पूर्णं व्याचक्षते ॥8॥

इसलिए 'जातवेदसे' इस पद से सम्बोधित जो अग्नि है, वही परमात्मा शिव स्वयं ही है। प्राणी जन्म से ही कामी—इच्छा करने वाला होता है। यहाँ वह बलवती इच्छा से प्रेरित होकर ईश्वरत्व चाहता

है। जीवत्व से शिवत्व की कामना करता है। फिर कामनाओं का कोई अन्त न देखकर सभी कामनाओं का त्याग करके वह 'पूर्णकाम' बन जाता है। और 'पूर्णकाम' तो ईश्वर ही है। इस तरह मनुष्य कालक्रम से पूर्ण होता है, ऐसा कहते हैं।

तदेव सुनवाम गोत्रारूढं मध्यवर्तिनाऽमृतमध्येनार्णेन मन्त्राणान् स्पष्टीकृत्वा गोत्रेति नामगोत्रायामित्यादिना स्पष्टं कामकलालयं शेषं वाममित्यादिना पूर्वेणाध्वना विद्येयं सर्वरक्षाकरी व्याचक्षते ॥9॥

तीनों कूटों में लकार आता है, लकार पृथ्वीबीज है, अर्थात् तीनों कूट पृथ्वी से व्याप्त हैं। पृथ्वी का नाम गोत्रा है, पृथ्वी के प्रत्येक पदार्थ में—नाम, रूप आदि सभी विकारों में परमात्मा शिव का विजृंभण (विकासप्रक्रिया) देखा जाता है। अत: पृथ्वी के सभी पदार्थों में शिव आरूढ़ हैं, इसलिए वे गोत्रारूढ़ हैं। लकार = पृथ्वी अमृतार्णव में है, अत: तीनों कूटों में आए लकार वर्ण को मध्यवर्ती अमृतमय वर्ण के रूप में दर्शाया है। और गोत्र शब्दवाचक पृथ्वी में व्यापक सच्चिदानन्द शिव को स्पष्ट करके उसे गोत्रारूढ़ कहा गया है। उन्हें इस प्रकार ज्ञान दृष्टि से दिखाकर पूर्ण काम कलालय कामकला के स्थान में बताकर उससे भिन्न वाग्भवकूट और शक्तिकूट को 'वाम' पद से बताया है। यह पूर्ण शक्ति है, अत: सर्वरक्षाकरी जानकर परमशिव से अतिरिक्त कुछ है ही नहीं—ऐसा द्योतित करता है। इसलिए इसे सर्वरक्षाकरी विद्या कहा जाता है।

एवमेतेन विद्यां त्रिपुरेशीं स्पष्टीकृत्वा जातवेदस इत्यादिना जातो देव एक ईश्वरः परमो ज्योतिर्मन्त्रतो वेति तुरीयं वरं दत्त्वा बिन्दुपूर्णज्योतिःस्थानं कृत्वा प्रथमस्याद्यं द्वितीयं च तृतीयं च सर्वरक्षाकरीसम्बन्धं कृत्वा विद्यामात्मासनरूपिणीं स्पष्टीकृत्वा जातवेदसे सुनवाम सोममित्यादि पठित्वा रक्षाकरीं विद्यां स्मृत्वाऽऽद्यन्तयोर्धाम्नोः शक्तिशिवरूपिणीं विनियोज्य स इति शक्त्यात्मकं वर्णं सोममिति शैवात्मकं धाम जानीयात्। यो जानीते स सुभगो भवति ॥10॥

इस तरह त्रिपुरेशीविद्या—पंचदशीमंत्र का रहस्य स्पष्ट करके, 'जातवेदसे' आदि मंत्र द्वारा निष्पन्न देव एक परम ईश्वर ज्योति ही है ऐसा मानकर, उसे 'तुरीय' मानकर—अर्थात् उसे तेजोबिन्दुरूप पूर्णब्रह्म रूप में स्वीकार कर, साधक को पंचदशी मंत्र के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय कूट का 'सर्वरक्षाकरी विद्या' का सम्बन्ध करके श्रीचक्र के रूप में उसका समन्वय करना चाहिए। श्रीचक्र के बिन्दुस्थान में परब्रह्म भगवान् कामेश्वर की भावना करनी चाहिए। श्रीचक्र के तीन अवयव—(1) बिन्दु, (2) त्रिकोणरूपी कमलदल (पंखुडियाँ), और (3) वृत्तत्रय तथा भूपुर का कूटत्रय के साथ समन्वय करके समग्र श्रीचक्र को पंचदशीविद्या के रूप में मानकर उसका, 'जातवेदसे सुनवाम' आदि मंत्र के साथ समन्वय करना चाहिए। (तात्पर्य यह है कि (1) तत्सवितु०, (2) जातवेदसे और (3) त्र्यम्बकं को क्रमश: परब्रह्म, शक्ति और शिव के साथ एकीकृत करके परब्रह्म की उपासना = साक्षात्कार करना चाहिए।) जो साधक ऐसा जानता है, वह भाग्यशाली होता है।

इत्येवमेतां चक्रासनगतां त्रिपुरवासिनीं विद्यां स्पष्टीकृत्वा जातवेदसे सुनवाम सोममिति पठित्वा त्रिपुरेश्वरीविद्यां सदोदितां शिवशक्त्यात्मि-कामावेदितां जातवेदाः शिव इति सेति शक्त्यात्माक्षरमिति शिवादि-शक्त्यन्तरालभूतां त्रिकूटादिचारिणीं सूर्याचन्द्रमस्कां मन्त्रासनगतां

त्रिपुरां महालक्ष्मीं सदोदितां स्पष्टीकृत्वा जातवेदसे सुनवाम सोम-मित्यादि पठित्वा पूर्वां सदात्मासनरूपां विद्यां स्मृत्वा वेद इत्यादिना विश्वाहसंततोदयाबैन्दवमुपरि विन्यस्य सिद्धासनस्थां त्रिपुरां मालिनीं विद्यां स्पष्टीकृत्वा जातवेदसे सुनवाम सोमगित्यादि पठित्वा त्रिपुरां सुन्दरीं श्रित्वा कले अक्षरे विचिन्त्य मूर्तिभूतां मूर्तिरूपिणीं सर्वविद्येश्वरीं त्रिपुरां विद्यां स्पष्टीकृत्वा जातवेदस इत्यादि पठित्वा त्रिपुरां लक्ष्मीं श्रित्वाऽग्निं निदहाति ॥11॥

इस प्रकार से चक्रासनगत त्रिपुरवासिनी विद्या को स्पष्ट करके, 'जातवेदसे सुनवाम सोमम्०' इत्यादि मंत्र का पाठ करके (त्रिपुरवासिनी विद्या के साथ जातवेदसे आदि ऋचा जोड़कर) शिवशक्ति का ऐक्य करना चाहिए। क्योंकि जातवेदा शिव है और सकार शक्तिद्योतक वर्ण है। इस तरह शिव-शक्ति का ऐक्य समझकर उन दोनों के अन्तराल में स्थित सूर्य-चन्द्रमय, त्रिकूटव्याप्त, मन्त्रासनगता विद्या से त्रिपुरा महालक्ष्मी को, 'वह सदैव जाग्रत् है'—ऐसी भावना करके 'जातवेदसे सुनवाम सोमम्०' इस मंत्रवाक्य का जाप करना चाहिए। बाद में पंचदशी के द्वितीय रूप वाली चतुष्पदा गायत्री के साथ उसका संयोग करना चाहिए। इससे हकार = सूर्य और सकार = चन्द्र के योग से 'हंस: सोऽहम्'— ऐसा मंत्र बनेगा। उसका मूलबिन्दु परब्रह्म में अविनाभाव संबंध मानकर त्रिपुरामालिनी विद्या का उद्धार करना चाहिए। (अर्थात् अजपा गायत्री जाप करना चाहिए।) 'जातवेदसे सुनवाम सोमम्०' इत्यादि पूरे मंत्र का या इस मंत्रवाक्य का जप करके त्रिपुरसुन्दरी (पंचदशी) के साथ योग करके 'कले' इस पद में भावना करनी चाहिए। (तात्पर्य यह है कि पंचदशी के सभी अक्षर 'क' और 'ल' के बीच में आए हुए हैं। इस तरह सर्वविद्येश्वरी त्रिपुरा विद्या, जो कि जलते हुए अग्नि के समान है, उसकी भावना की जाती है।

सैवेयमग्न्यानने ज्वलतीति विचिन्त्य त्रिज्योतिषमीश्वरीं त्रिपुराम्बां विद्यां स्पष्टीकुर्यात् ॥12॥

यह त्रिपुराविद्या ज्ञानाग्नि के रूप में कल्पित की जाने पर तीन अग्नि के रूप में (सूर्य, चन्द्र और अग्नि के रूप में) त्रिपुराम्बा विद्या होती है, इस तरह भावना (चिन्तन) करनी चाहिए।

एवमेतेन स नः पर्षदति दुर्गाणि विश्वेत्यादिपरप्रकाशिनी प्रत्यग्भूता कार्या विद्येयमाह्वानकर्मणि सर्वतोधीरेति व्याचक्षते ॥13॥

इस तरह इसके द्वारा भावना करने से, 'स नः पर्षदति दुर्गाणि' इस वाक्य से परप्रकाशिनी प्रत्यग्भूता विद्या होती है। यह विद्या आह्वान के लिए सर्वशक्तियुक्त मानी जाती है।

एवमेतद्विद्याऽष्टकं महामायादेव्यङ्गभूतं व्याचक्षते ॥14॥

इस प्रकार से 'जातवेदसे.....' आदि मंत्र से आठ विद्याएँ प्रकट की जाती हैं। ये आठों विद्याएँ महामाया महादेवी के आठ अंगरूप हैं, ऐसा कहते हैं। (ये आठ विद्याएँ हैं—(1) त्रिपुरा विद्या, (2) महाविद्येश्वरी विद्या, (3) सर्वरक्षाकरी विद्या, (4) त्रिपुरेशी विद्या, (5) आत्मासनरूपिणी विद्या, (6) शक्तिशिवरूपिणी विद्या, (7) त्रिपुरवासिनी विद्या और (8) त्रिपुराम्बा विद्या—इन आठ विद्याओं का उद्धार किया जाता है।)

देवा ह वै भगवन्तमब्रुवन् महाचक्रनायकं नो ब्रूहीति सार्वकामिकं सर्वाराध्यं सर्वरूपं विश्वतोमुखं मोक्षद्वारं यद्योगिन उपविश्य परं ब्रह्म भित्त्वा निर्वाणमुपविशन्ति ॥15॥

देवों ने भगवान् सदाशिव से पूछा—"मोक्ष के द्वाररूप, सर्वकामनापूरक, सर्वाराध्य, सर्वरूप, सर्वतोमुखी, महाचक्रनायक जो श्रीयंत्र है, जिसके सम्मुख बैठकर, जिसकी उपासना करके योगीजन अपनी आवरणग्रन्थि को भेदकर मोक्ष (निर्वाण) को प्राप्त करते हैं, उसके (श्रीचक्र के) बारे में हमें बताइए।"

तान् होवाच भगवान् श्रीचक्रं व्याख्यास्याम इति ॥16॥
त्रिकोणं त्र्यस्रं कृत्वा तदन्तर्मध्यवृत्तमानयष्टिरेखामाकृष्य विशालं नीत्वाऽग्रतो योनिं कृत्वा पूर्वयोन्यग्ररूपिणीं मानयष्टिं कृत्वा तां सर्वोर्ध्वां नीत्वा योनिं कृत्वाऽऽद्यं त्रिकोणं चक्रं भवति। द्वितीयमन्तरालं भवति। तृतीयमष्टयोन्यङ्कितं भवति ॥17॥

तब भगवान् सदाशिव ने देवों से कहा कि हम श्रीचक्र की व्याख्या करते हैं—पहले तीन कोने वाला एक (त्रिकोणाकार) क्षेत्र (आकृति) बनाना चाहिए। बाद में उसके भीतर बीच में से निकलती हो, ऐसी एक मानयष्टि (मापक रेखा) खींचनी चाहिए। फिर उसे आगे बढ़ाकर अन्त में कोण बनाकर पहले के कोणों के अनुरूप दूसरी मानयष्टि बनानी चाहिए। फिर उसे सबसे ऊपर (उत्तर में) ले जाकर वहाँ कोण बनाना चाहिए। इससे जो त्रिकोण चक्र होगा, उसे प्रथम त्रिकोण चक्र कहना चाहिए। और दूसरा बीच में त्रिकोणचक्र होगा। और तीसरा आठ कोनों वाला अष्टास्र चक्र होगा।

अथाष्टारचक्राद्यन्तविदिक्कोणाग्रतो रेखां नीत्वा साध्याद्याकर्षणबद्ध-रेखां नीत्वेत्येवमथोर्ध्वसम्पुटयोन्यङ्कितं कृत्वा कक्षाभ्य ऊर्ध्वगरेखा-चतुष्टयं कृत्वा यथाक्रमेण मानयष्टिद्वयेन दशयोन्यङ्कितं चक्रं भवति ॥18॥
अनेनैव प्रकारेण पुनर्दशारचक्रं भवति ॥19॥

अष्टारचक्र के पहले और अन्तिम कोणों के अग्रभाग से रेखा खींचकर उसे पहले खींची गई रेखा के साथ जोड़कर और ऊपर में उल्टे-सीधे कोण बनाकर पार्श्व से ऊपर की ओर जाने वाली चार रेखाएँ बना देने से दो मानयष्टियों से दश कोनों वाला दशारचक्र हो जाएगा। इस प्रकार से दूसरा दशारचक्र भी हो जाता है।

मध्यत्रिकोणाग्रचतुष्टयाद्रेखा चतुष्टयाग्रकोणेषु संयोज्य तद्दशारांशतो नीतां मानयष्टिरेखां योजयित्वा चतुर्दशारं चक्रं भवति ॥20॥

मध्यत्रिकोण के चार अग्रभागों से चार रेखाएँ आगे के कोणों के साथ जोड़कर पहले के दशारचक्र में से लाई गई मानयष्टि के साथ जोड़ देने से चतुर्दशारचक्र होता है।

ततोऽष्टपत्रसंवृतं चक्रं भवति। षोडशपत्रसंवृतं चक्रं भवति पार्थिवं चक्रं चतुर्द्वारं भवति ॥21॥
एवं सृष्टियोगेन चक्रं व्याख्यातम् ॥22॥

इसके बाद आठ पत्रों से युक्त वृत्त तथा उसके ऊपर सोलह पत्रों से युक्त वृत्त बनाना चाहिए। और इसके बाद चार द्वार वाला भूपुर भी बनाना चाहिए। इस प्रकार सृष्टिक्रम से श्रीचक्र बनता है ऐसा मैंने कहा है।

नवात्मकं चक्रं प्रातिलोम्येन वा वच्मि—प्रथमं चक्रं त्रैलोक्यमोहनं भवति साणिमाद्यष्टकं भवति समात्रष्टकं भवति ससर्वसंक्षोभिण्यादि-दशकं भवति सप्रकटं भवति त्रिपुरयाऽधिष्ठितं भवति ससर्वसंक्षोभिणी-मुद्रया जुष्टं भवति ॥23॥

नव चक्रों वाले इस श्रीचक्र को उल्टे क्रम से कहने पर (1) भूपुर, (2) षोडशदल, (3) अष्टदल, (4) चतुर्दशारचक्र, (5) दशारचक्र, (6) दशारचक्र, (7) अष्टारचक्र, (8) त्र्यस्रचक्र और (9) बिन्दु होते हैं, इसे संहारचक्र कहते हैं। इनमें प्रथमचक्र का नाम त्रैलोक्यमोहन है, इसे भूपुरचक्र भी कहते हैं। इसमें अणिमादि आठ सिद्धियाँ रहती हैं। इसमें ब्राह्मी आदि आठ मातृकाएँ भी रहती हैं। इसमें सर्वसंक्षोभिणी आदि दश मुद्राशक्तियाँ भी रहती हैं। वे सभी प्रकट योगिनियाँ कही जाती हैं। यह चक्र भूपुरचक्र पृथ्वीतत्त्व का है। उसमें वे प्रकट योगिनियाँ और चक्राधिष्ठात्री त्रिपुरा रहती हैं। और वह सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा से युक्त है।

आठ सिद्धियाँ	1. अणिमा, 2. लघिमा, 3. महिमा, 4. गरिमा, 5. प्राप्ति, 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व और 8. वशित्व।
आठ मातृकाएँ	1. ब्राह्मी, 2. माहेश्वरी, 3. कौमारी, 4. वैष्णवी, 5. वाराही, 6. माहेन्द्री, 7. चामुण्डा और 8. महालक्ष्मी।
दश मुद्राएँ	1. सर्वसंक्षोभिणी, 2. सर्वविद्राविणी, 3. सर्वकर्षिणी, 4. सर्ववशंकरी, 5. सर्वोन्मादिनी, 6. सर्वमहांकुशा, 7. सर्वखेचरी, 8. सर्वबीजा, 9. सर्वयोनि और 10. सर्वविखण्डिका।

द्वितीयं सर्वाशापरिपूरकं चक्रं भवति सकामाद्याकर्षिणीषोडशकं भवति सगुप्तं भवति त्रिपुरेश्वर्याऽधिष्ठितं भवति सर्वविद्राविणीमुद्रया जुष्टं भवति ॥24॥

दूसरा सोलह दलों वाला चक्र 'सर्वाशापरिपूरक' कहा जाता है। उसमें मनआकर्षिणी, बुद्ध्याकर्षिणी, अहंकाराकर्षिणी, शब्दाकर्षिणी, स्पर्शाकर्षिणी, रूपाकर्षिणी, रसाकर्षिणी, गन्धाकर्षिणी, चित्ताकर्षिणी, धैर्याकर्षिणी, स्मृत्याकर्षिणी, नामाकर्षिणी, बीजाकर्षिणी, आत्माकर्षिणी, अमृताकर्षिणी, शरीराकर्षिणी—ये सोलह गुप्त योगिनियाँ रहती हैं और उनकी अधिष्ठात्री त्रिपुरेश्वरी है। और यह चक्र सर्वविद्राविनी मुद्रा से युक्त है।

तृतीयं सर्वसंक्षोभणं चक्रं भवति सानङ्गकुसुमाद्यष्टकं भवति सगुप्ततरं भवति त्रिपुरसुन्दर्याऽधिष्ठितं भवति सर्वाकर्षिणीमुद्रया जुष्टं भवति ॥25॥

आठ दलवाला तीसरा चक्र 'सर्वसंक्षोभणचक्र कहलाता है। उसमें अनंगकुसुमा, अनंगमेखला, अनंगमदना, अनंगमदनातुरा, अनंगरेखा, अनंगवेगिनी, अनंगांकुशा, और अनंगमालिनी—ये आठ

गुप्ततर योगिनियाँ रहती हैं, यह भी त्रिपुरसुन्दरी से अधिष्ठित है, और यह चक्र सर्वाकर्षिणी मुद्रा से युक्त है।

तुरीयं सर्वसौभाग्यदायकं चक्रं भवति ससर्वसंक्षोभिण्यादिद्विसप्तकं भवति ससंप्रदायं भवति त्रिपुरवासिन्याऽधिष्ठितं भवति ससर्ववशंकरी-मुद्रया जुष्टं भवति ॥26॥

चौदह त्रिकोण वाला चौथा चक्र सर्वसौभाग्यदायक कहा जाता है। उसमें सर्वसंक्षोभिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षिणी, सर्वाह्लादिनी, सर्वसंमोहनी, सर्वस्तंभिनी, सर्वजृंभिणी, सर्ववशंकरी, सर्वरंजिनी, सर्वोन्मादिनी, सर्वार्थसाधिनी, सर्वसंपत्तिपूरणी, सर्वमंत्रमयी और सर्वद्वन्द्वक्षयकरी—ये चौदह संप्रदाययोगिनियाँ रहती हैं। इस चक्र की अधिष्ठात्री देवी त्रिपुरवासिनी है और यह चक्र सर्ववशंकरी मुद्रा से युक्त है।

पञ्चमं तुरीयान्तं सर्वार्थसाधकं चक्रं भवति ससर्वसिद्धिप्रदादिदशकं भवति सकलकौलं भवति त्रिपुरामहालक्ष्म्याऽधिष्ठितं भवति महोन्मादिनीमुद्रया जुष्टं भवति ॥27॥

चौथे के बाद पाँचवाँ दश त्रिकोणयुक्त सर्वसाधक चक्र है, इसे बहिर्दशारचक्र भी कहते हैं। इसमें दश कुलोत्तीर्ण योगिनियाँ रहती हैं। यह त्रिपुरामहालक्ष्मी के द्वारा अधिष्ठित है। यह चक्र महोन्मादिनी मुद्रा से युक्त है। यहाँ सकलकौल कुलोत्तीर्ण दश महायोगिनियाँ ये हैं—सर्वसिद्धिप्रदा, सर्वसंपत्प्रदा, सर्वप्रियंकरी, सर्वमंगलकारिणी, सर्वकामप्रदा, सर्वदुःखवियोगिनी, सर्वविघ्ननिवारिणी, सर्वांगसुन्दरी और सर्वसौभाग्यप्रदायिनी।

षष्ठं सर्वरक्षाकरं चक्रं भवति ससर्वज्ञत्वादिदशकं भवति सनिगर्भं भवति त्रिपुरमालिन्याऽधिष्ठितं भवति महाङ्कुशमुद्रया जुष्टं भवति ॥28॥

अब जो छठा अन्तर्दशार चक्र है, वह भी दशत्रिकोणात्मक ही है। उसे सर्वरक्षाकर चक्र कहते हैं। उसमें दश सनिगर्भयोनियाँ रहती हैं। यह त्रिपुरमालिनी के द्वारा अधिष्ठित हैं और महांकुशमुद्रा से युक्त हैं। (वे सनिगर्भ योगिनियाँ ये हैं—सर्वज्ञाता, सर्वशक्तिप्रदा, सर्वैश्वर्यप्रदा, सर्वज्ञानमयी, सर्वव्याधिनाशिनी, सर्वाधारा, सर्वपापहरा, सर्वानन्दमयी, सर्वरक्षा और सर्वेप्सितफलप्रदा।)

सप्तमं सर्वरोगहरं चक्रं भवति सर्ववशिन्याद्यष्टकं भवति सरहस्यं भवति त्रिपुरसिद्ध्याऽधिष्ठितं भवति खेचरीमुद्रया जुष्टं भवति ॥29॥

सातवाँ अष्टत्रिकोणात्मक सर्वरोगहरनामक चक्र है। उसमें वशिनी आदि आठ रहस्ययोगिनियाँ रहती हैं। वह त्रिपुरसिद्धि के द्वारा अधिष्ठित है और खेचरी मुद्रा से युक्त है। (आठ रहस्ययोगिनियाँ ये हैं—वशिनी, कामेश्वरी, मोहिनी, विमला, अरुणा, जयिनी, सर्वेश्वरी और कौलिनी।)

अष्टमं सर्वसिद्धिप्रदं चक्रं भवति सायुधचतुष्टयं भवति सपरापररहस्यं भवति त्रिपुराम्बयाऽधिष्ठितं भवति बीजमुद्रया जुष्टं भवति ॥30॥

आठवें त्रिकोणचक्र को 'सर्वसिद्धिप्रद चक्र' कहते हैं। उसके चारों ओर बाण-धनुष-पाश-अंकुश आयुध रहते हैं। त्रिकोण के भीतर तीन रहस्ययोगिनियाँ (कामेश्वरी, वज्रेश्वरी, भगमालिनी) रहती हैं। यह चक्र त्रिपुराम्बा से अधिष्ठित है और बीजमुद्रा से युक्त है।

नवमं चक्रनायकं सर्वानन्दमयं चक्रं भवति सकामेश्वर्यादित्रिकं भवति सातिरहस्यं भवति महात्रिपुरसुन्दर्याऽधिष्ठितं भवति योनिमुद्रया जुष्टं भवति ॥3 1॥

नवम चक्र सभी चक्रों का नायक है, वह बिन्दुस्वरूप है। उसे सर्वानन्दमय चक्र कहते हैं। इसमें कामेश्वरी, वज्रेश्वरी और भगमालिनी—ये तीन अतिरहस्यमययोगिनियाँ रहती हैं। यह भगवती महात्रिपुर-सुन्दरी का अधिष्ठान है और योनिमुद्रा से युक्त है।

संक्रामन्ति वै सर्वाणि छन्दांसि चक्राराणि तदेव चक्रं श्रीचक्रम् ॥3 2॥

इस तरह ये सभी चक्र मिलकर—सभी चक्रों का एक चक्र हुआ। यह चक्र सर्व वेदमन्त्रों का समन्वय करने वाला है। इसे श्रीचक्र (श्रीयंत्र) कहा जाता है।

तस्य नाभ्यामग्निमण्डले सूर्याचन्द्रमसौ त्रयोंकारपीठं पूजयित्वा तत्राक्षरं बिन्दुरूपं तदन्तर्गतव्योमरूपिणीं विद्यां परमां स्मृत्वा महात्रिपुरसुन्दरी-मावाह्य—
क्षीरेण स्नापिते देवि चन्दनेन विलेपिते।
बिल्वपत्रार्चिते देवि दुर्गेऽहं शरणं गतः॥
इत्येकयर्चा प्रार्थ्य मायालक्ष्मीमन्त्रेण पूजयेदिति भगवानब्रवीत् ॥3 3॥

इस श्रीचक्र की नाभि (केन्द्रस्थल) में बिन्दुस्थ अग्निमण्डल में सूर्य, चन्द्र तथा ओंकार पीठ हैं। उन्हें पूजकर अचलबिन्दु में आकाशरूपिणी भगवती की जो विद्या (मंत्र) है, उसका स्मरण करके (पंचदशाक्षरी मंत्र से भगवती का ध्यान करके) श्रीमहारात्रिपुरसुन्दरी का आवाहन करके 'क्षीरेण' आदि मंत्र से प्रार्थना करनी चाहिए। 'क्षीरेण' आदि मंत्र का अर्थ यह है—'दूध से स्नान कराई गई और चन्दन से विलेपित की गई तथा बिल्वपत्र से पूजित ऐसी, हे दुर्गे! देवी! मैं तेरी शरण में हूँ।' इसके बाद, 'ह्रीं श्रीश्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः' इस मंत्र से पूजा करनी चाहिए। इस तरह भगवान् ने कहा है।

एतैर्मन्त्रैर्भगवतीं यजेत्। ततो देवी प्रीता भवति स्वात्मानं दर्शयति। तस्माद्य एतैर्मन्त्रैर्यजति स ब्रह्म पश्यति स सर्वं पश्यति सोऽमृतत्वं च गच्छति। य एवं वेदेति महोपनिषत् ॥3 4॥

इति द्वितीयोपनिषत्।

इन मंत्रों से भगवती का यजन करना चाहिए। इससे देवलोग प्रसन्न होते हैं। वे अपना दर्शन देते हैं। साक्षात्कार होता है। इस प्रकार चित् शक्ति के दर्शन होने से साधक ब्रह्म को देख सकता है। वह सब कुछ देख सकता है। वह मोक्ष प्राप्त करता है। जो ऐसा जानता है, वही ज्ञानी है। ऐसी यह उपनिषद् है।

यहाँ द्वितीयोपनिषत् पूरी हुई।

❋

तृतीयोपनिषत्

देवा ह वै मुद्राः सृजेयमिति भगवन्तमब्रुवन्। तान् होवाच भगवा-नवनिकृतजानुमण्डलं विस्तीर्य पद्मासनं कृत्वा मुद्राः सृजेतेति ॥1॥

देवों ने भगवान् से कहा कि 'मुद्राएँ बनाएँ।' तब भगवान् ने उनसे कहा कि 'दोनों घुटनों को धरती पर रखकर मुद्राएँ बनाओ।'

[बिन्दुत्रिकोणवसुकोणदशारयुग्मं मन्वश्रनागदलसंयुतषोऽशारम्।
वृत्तत्रयं च धरणीसदनत्रयं च श्रीचक्रमेतदुदितं परदेवतायाः ॥]
स सर्वानाकर्षयति यो योनिमुद्रामधीते स सर्वं वेत्ति स सर्वफलमश्नुते स सर्वान् भञ्जयति स विद्वेषिणं स्तम्भयति। मध्यमे अनामिकोपरि विन्यस्य कनिष्ठिकाङ्गुष्ठतोऽधीते मुक्तयोस्तर्जन्योर्दण्डवदधस्तादेवं विधा प्रथमा संपद्यते ॥2॥

[(1) बिन्दु, (2) त्रिकोण, (3) आठ त्रिकोणों का समूह, (4) दश त्रिकोणों का समूह, (5) फिर से दश त्रिकोणों का समूह, (6) चौदह त्रिकोणों का समूह, (7) आठ दल का कमल, (8) सोलह दलों का कमल, (9) तीन वृत्त और भूपुर—इनसे परदेवता का श्रीचक्र बनता है। (ये दशविभाग होने पर भी इसे नवचक्रात्मक इसलिए कहा जाता है कि बहुसंख्यक लोग अन्त्यभूपुर को गणना में नहीं लेते और नवम चक्र के रूप में चतस्र को लेते हैं। यहाँ पर दश चक्र माने गये हैं। द्वितीय उपनिषद् में नव चक्र कहे गए हैं इसलिए यहाँ दस मुद्राएँ हैं और द्वितीय उपनिषद् में नव मुद्राएँ कहीं हैं—दसवीं 'विखण्डित' मुद्रा वहाँ नहीं है, यहाँ है। शेष सर्वसंक्षोभिणी आदि मुद्राएँ तो ज्यों-की-त्यों यहाँ हैं। इन मुद्राओं में सर्वप्रथम यहाँ योनि मुद्रा की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि—)] जो योनिमुद्रा जानता है वह सबका आकर्षण कर सकता है, वह सब कुछ जानता है, वह सर्वत्र विजयी होता है, वह शत्रुओं को स्तंभित करके सभी सुखों को भोगता है। हाथों की मध्यमा अँगुलियाँ तर्जनी के ऊपर आ जाएँ इस तरह सीधी खड़ी करके अनामिका अँगुलियाँ टेढ़ी झुकी हुई तर्जनियों में रखनी चाहिए। दाहिने हाथ की अनामिका बाएँ हाथ की टेढ़ी झुकी हुई तर्जनी में और बाएँ हाथ की अनामिका दाहिने हाथ की तर्जनी में रहे, इस तरह रखनी चाहिए। और दोनों मध्यमा अँगुलियों को सीधा खड़ा करना चाहिए। कनिष्ठिकाओं को भी सीधा रखकर दोनों अँगूठों के साथ जोड़ देना चाहिए। इस तरह योनिमुद्रा होती है। यह प्रथम मुद्रा है। (कुछ लोग अंगुष्ठ को मध्यमा के मध्यपर्व रखने का मत रखते हैं।)

सैव मिलितमध्यमा द्वितीया ॥3॥
तृतीयाऽङ्कुशाकृतिरिति ॥4॥

योनिमुद्रा बनाकर मध्यमाओं को एक-दूसरे के साथ रखने पर दूसरी 'बीजमुद्रा' बनती है। इसका अर्थ यह होता है कि जैसे योनिमुद्रा में अनामिका तर्जनी के द्वारा पकड़ी जाती है उसी प्रकार यहाँ कनिष्ठिकाएँ मध्यमाओं के द्वारा पकड़ी जाती हैं। अनामिकाएँ यहाँ सबसे नीचे खुली रहती हैं। ऐसा होने पर वे एक-दूसरे से सटी हुई रहती हैं। बाद में अँगूठे और तर्जनी से अर्धचन्द्राकार बनने से जो मुद्रा होती है, वह 'बीजमुद्रा' है। तीसरी मुद्रा अंकुशाकार होती है, उसे 'खेचरीमुद्रा' कहते हैं। (वह भी दायें-बायें हाथों और अँगुलियों से बनती है, इसकी रीति अन्यान्य ग्रन्थों में बताई गई है।)

प्रातिलोम्येन पाणी सङ्घर्षयित्वाऽङ्गुष्ठौ साग्रिमौ समाधाय तुरीया ॥5॥

चौथी मुद्रा सर्वमहाङ्कुशा नाम की है। इसके लिए दोनों हाथों को उल्टा-सीधा करके दोनों अँगूठों को आगे करना चाहिए (यह तो मुद्रा की रीति का केवल संकेत ही है, विस्तार के लिए अन्य तंत्रग्रंथ देखने चाहिए)।

परस्परं कनीयसेदं मध्यमाबद्धे अनामिके दण्डिन्यौ तर्जन्या वालिङ्ग्या-
वष्टभ्य मध्यमा नखमिलिताङ्गुष्ठौ पञ्चमी ॥6॥

पाँचवीं मुद्रा 'सर्वोन्मादिनी' है। बाँयीं कनिष्ठिका के ऊपर दायीं कनिष्ठिका रखकर उन दोनों को इस प्रकार लम्बा करना चाहिए कि जिससे वे अनामिकाएँ ऊपर से तिरछी होकर मध्यमा तक पहुँचें, एवं मध्यमा के द्वारा उनका अग्र भाग दृढ़ पकड़ा जाए। बाद में मध्यमाओं के नखों पर अंगुष्ठों को रखना चाहिए। अनामिकाओं का परस्पर स्पर्श हो, इस तरह उन्हें सीधा रखना चाहिए। अनामिकाओं के पास की तर्जनियों को भी सीधा रखना चाहिए। इस तरह पाँचवीं 'सर्वोन्मादिनी' मुद्रा बनती है।

सैवाग्रेऽङ्कुशाकृतिः षष्ठी ॥7॥

छठी 'सर्ववशंकरी' मुद्रा है। इसमें 'सर्वोन्मादिनी मुद्रा' बनाकर अँगुलियों को अंकुशाकार करना पड़ता है।

दक्षिणशये वामबाहुं कृत्वाऽन्योऽन्यानामिके कनीयसीमध्यगते मध्यमे
तर्जन्याक्रान्ते सरलास्वङ्गुष्ठौ खेचरी सप्तमी ॥8॥

दाहिने हाथ में बाँया हाथ रखकर अनामिका और कनिष्ठिका को तथा मध्यमाओं को तर्जनियों के साथ जोड़कर (आँटी = गाँठ मारकर) अँगूठों को सीधा रखने से सातवीं 'खेचरी' नाम की मुद्रा होती है।

सर्वोर्ध्वे सर्वसंहृति स्वमध्यमानामिकाऽन्तरे कनीयसे पार्श्वयोस्तर्जन्या-
वङ्कुशाढ्ये युक्ता साङ्गुष्ठयोगतोऽन्योऽन्यं सममञ्जलिं कृत्वाऽष्टमी ॥9॥

दोनों हाथों की कनिष्ठिका अँगुलियों को अपनी-अपनी मध्यमाओं और तर्जनियों के मध्य भाग में रखकर तर्जनियों को अंकुशाकार करके अँगूठे के साथ जोड़कर अंजलि जैसा करने से आठवीं 'सर्वविद्राविणी' मुद्रा होती है।

परस्परमध्यमापृष्ठवर्तिन्यावनामिके तर्जन्याक्रान्ते समे मध्यमे आदा-
याङ्गुष्ठौ मध्यवर्तिनौ नवमी प्रतिपद्यत इति ॥10॥

एक-दूसरे हाथ की मध्यमाओं के पीछे अनामिकाओं को तर्जनी से जोड़कर (आँटी = गाँठ मारकर) सीधी खड़ी हुई मध्यमाओं के साथ अँगूठों को भी सीधा रखने से नवमी 'सर्वसंक्षोभकारिणी' नाम की मुद्रा बनती है।

सैवेयं कनीयसे समे अन्तरितेऽङ्गुष्ठौ समावन्तरितौ कृत्वा त्रिखण्डा-
पद्यत इति। पञ्च बाणाः पञ्चाद्या मुद्राः स्पष्टाः ॥11॥

इसमें कनिष्ठिकाएँ सीधी या टेढ़ी हों या करतल में हों, इसके बारे में कुछ कहा नहीं है। पर हथेली के बीच में रखने से यह मुद्रा होती है, ऐसा समझना चाहिए। सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा करके उसमें कनिष्ठिकाओं को सीधा-टेढ़ा रखने से और अँगूठों को सीधा (खड़ा) रखने से त्रिखण्ड मुद्रा होती है। और पाँच अँगुलियों को सीधा करके हाथ लम्बा करने से पाँच वरणमुद्राएँ बनती हैं।

क्रोमङ्कुशा हसखफ्रैं खेचरी हस्त्रौं बीजाष्टमी वाग्भवाद्या नवमी दशमी
च संपद्यत इति य एवं वेद ॥12॥

'क्रौं' = अंकुशबीज, हस = शिवशक्तिबीज, ख = मारणबीज, फ्रैं = मोहनबीज—ये सब एक साथ मिल जाने से ('हसखफ्रैं' होने से) खेचरी बीज बनता है। 'ह' सूर्यबीज है, 'स्त्रौं' कामबीज है, उनके साथ वाग्भवकूट का आद्याक्षर 'क' जोड़ने से और कामकूट बीज का आद्याक्षर 'ह' जोड़ने से दश बीज होते हैं यथा—(1) अंकुशबीज क्रौं, (2) शिवबीज = ह, (3) शक्तिबीज = स, (4) मारण-बीज = ख, (5) मोहनबीज = फ्रैं, (6) खेचरी बीज = हसफ्रैं, (7) सूर्यबीज = ह, (8) काम-बीज = स्त्रौं, (9) वाग्भवबीज = क और (10) कामकूटबीज = ह—ऐसे दश बीजों से युक्त होने से, 'क्रौं हसखफ्रैं हस्त्रौं कह'—इस प्रकार दश मुद्राओं के दश बीज होते हैं। इस प्रकार जो जानता है, वह सिद्ध योगी बनता है।

अथातः कामकलाभूतं चक्रं व्याख्यास्यामो ह्रीं क्लीमैं ब्लूँ स्त्रौमेते पञ्च
कामाः सर्वचक्रं व्याप्य वर्तन्ते। मध्यमं कामं सर्वावसाने सम्पुटीकृत्य
ब्लूङ्कारेण सम्पुटं व्याप्तं कृत्वा द्विरैद्वयेन मध्यवर्तिना साध्यं बद्ध्वा
भूर्जपत्रे यजति। तच्चक्रं यो वेत्ति स सर्वं वेत्ति स सकलान्
लोकानाकर्षयति स सर्वं स्तम्भयति। नीलीयुक्तं चक्रं शत्रून् मारयति
गतिं स्तम्भयति। लाक्षायुक्तं कृत्वा सकललोकं वशीकरोति।
नवलक्षजपं कृत्वा रुद्रत्वं प्राप्नोति। मातृकया वेष्टितं कृत्वा विजयी
भवति। भगाङ्कुण्डं कृत्वाऽग्निमाधाय हविषा योषितो वशीकरोति।
पुरुषे हुत्वा वर्तुले वा हुत्वा श्रियमतुलां प्राप्नोति। चतुरश्रे हुत्वा
वृष्टिर्भवति। त्रिकोणे हुत्वा शत्रून् मारयति गतिं स्तम्भयति। पुष्पाणि
हुत्वा विजयी भवति। महारसैर्हुत्वा परमानन्दनिर्भरो भवति। महारसाः
षड्रसाः ॥13॥

अब हम कामकलाभूत चक्र की व्याख्या करते हैं—ह्रीं, क्लीं, ऐं, ब्लूं, स्त्रौं—ये पाँच बीज 'पंच काम' कहे जाते हैं। इन पाँच बीजों से (कामों से) पूरा श्रीचक्र व्याप्त है। (अत: इससे सभी काम्य कर्मों की संप्राप्ति होती है, जैसे—) 'स्त्रैं' (अन्त्य) बीज के संपुट के लिए 'ऐं' बीज का उपयोग करके (= ऐं स्त्रौं ऐं करके) उस संपुट को 'ब्लूँ' बीज से लपेटकर, ऊपर-नीचे 'ऐं स्त्रौं ऐं' लिखकर बीच में आकृष्य व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए। इस यंत्र को भोजपत्र पर लिखकर उसके पूजन से कार्यसिद्धि होगी। उस चक्र को जो जानता है, वह सब जानता है, वह सभी लोगों को आकर्षित करता है। नीली से लिखा हुआ यह मंत्र शत्रु को मारता है, उसकी गति रोक देता है। लाक्षा से लिखा हुआ यह मंत्र छोटे-बड़े को वश में ला देता है। अष्टगन्ध से लिखा गया यह मंत्र यदि नव लाख बार जपा जाए तो साधक रुद्रतुल्य हो जाता है। मातृकाओं से वेष्टित किया गया वह मंत्र विजय दिलाता है। योनि के आकार के कुण्ड में अग्नि रखकर योग्य संख्या में हविषद्रव्यों से होम करने से स्त्रियों को वश में किया जा सकता है। पुरुषाकार (चतुरस्र) कुण्ड में या वर्तुलाकार कुण्ड में होम करने से अनुपम लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। चतुरस्र कुण्ड में होम करने से वृष्टि होती है। शत्रु के मारण या स्तंभन के लिए त्रिकोण कुण्ड में होम करना चाहिए। विजय के लिए पुष्पों से होम कराना चाहिए। मोक्षप्राप्ति के लिए महारसों से (छहों रसों से—कटु, तिक्त, लवण, कषाय, मधुर, अम्ल) होम करना चाहिए। इससे मोक्ष मिलता है।

गणानां त्वा गणपतिं हवामहे कविं कवीनामुपमश्रवस्तमम्।
ज्येष्ठराजं ब्रह्मणां ब्रह्मणस्पत आ नः शृण्वन्नूतिभिः सीद सादनम्॥

इत्येवमाद्यमक्षरं तदन्त्यबिन्दुपूर्णमित्यनेनाङ्गं स्पृशति । गं गणेशाय नम इति गणेशं नमस्कुर्वीत । ॐ नमो भगवते भस्माङ्गरागायोग्रतेजसे हनहन दहदह पचपच मथमथ विध्वंसयविध्वंसय हलभञ्जन शूलमूले व्यञ्जन-सिद्धिं कुरुकुरु समुद्रं पूर्वप्रतिष्ठितं शोषयशोषय स्तम्भयस्तम्भय परमन्त्रपरयन्त्रपरतन्त्रपरदूतपरकटकपरच्छेदनकर विदारयविदारय च्छिन्धिच्छिन्धि ह्रीं फट् स्वाहा । अनेन क्षेत्राध्यक्षं पूजयेदिति ॥14॥

इन सभी साधनाओं के प्रारंभ में विधिपूर्वक क्षेत्रज्ञपूजन, गणेशपूजन, अंगन्यासादि करना चाहिए। इसका संकेत 'गणानान्त्वा' आदि मंत्र से दिया गया है। 'ॐ गं गणपतये नमः' यह निष्पन्न मंत्र अथर्वशीर्षीय है। गणेशपूजन करने से पहले 'गं' बीज से पहले तो गणेश को नमस्कार करना चाहिए। बाद में अंगन्यास इस प्रकार करना चाहिए—'ॐ गां हृदयाय नमः। ॐ गीं शिरसे स्वाहा। ॐ गूं शिखायै वौषट्। ॐ गैं कवचाय हुम्। ॐ गौं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ गः अस्त्राय फट्'—इस तरह मंत्र विभागों से करने का संकेत ऊपर का मंत्र देता है। मंत्र के आद्य अक्षर 'ग' को बिन्दुयुक्त करने से 'गं' रूप गणेशबीज बनता है। गणेशमंत्र ही बनता है। इसके साथ ॐ और नमः जोड़ देने से और बीच में चतुर्थी विभक्तियुक्त गणेश का रूप 'गणेशाय' रख देने से बने हुए 'ॐ गणेशाय नमः' मंत्र को सिद्धमंत्र कहा गया है। इसके द्वारा भस्मांगराग, उग्रतेज उस देव से शत्रु को मारने की, जलाने की, पचाने की, मथने की विध्वंस करने की आदि कई प्रकार की माँगें की गई हैं (अर्थात् शत्रु के उन्मूलन के लिए सब कुछ कहा गया है)। इससे क्षेत्राध्यक्ष की पूजा करनी चाहिए।

कुलकुमारि विद्महे मन्त्रकोटिसु धीमहि ।
तन्नः कौलिः प्रचोदयात् ॥
इति कुमार्यर्चनं कृत्वा यो वै साधकोऽभिलिखति सोऽमृतत्वं गच्छति स यश आप्नोति स परमायुष्यमथ वा परं ब्रह्म भित्त्वा तिष्ठति य एवं वेदेति महोपनिषत् ॥15॥

इति तृतीयोपनिषत् ।

पूजा के अन्त में विहित कुमारीपूजन के लिए यह कुमारी गायत्री है। इस कुमारी गायत्री के द्वारा कुमारी का पूजन करना चाहिए। (कुमारी गायत्री का मन्त्रार्थ यह है कि हे कोटिमंत्रतुल्य कुमारी ! हम तुम्हें ऐसी जानते हैं, हे कौली ! हमारी बुद्धि को प्रेरित करो।) इस प्रकार जो साधक श्रीयंत्र का पूजन करता है, वह मोक्ष प्राप्त करता है, वह यश प्राप्त करता है, वह परमायु (दीर्घ आयुष्य) प्राप्त करता है, वह परब्रह्म को प्राप्त करता है। जो यह जानता है, वह इन सिद्धियों को प्राप्त करता है, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

यहाँ तीसरी उपनिषत् पूरी हुई है।

❋

चतुर्थोपनिषत्

देवा ह वै भगवन्तमब्रुवन् देव गायत्रं हृदयं नो व्याख्यातं त्रैपुरं सर्वोत्तमम् ॥1॥

देवताओं ने भगवान् से कहा—आपने हमें सर्वोत्तम ऐसा त्रिपुरा का गायत्रीमय हृदय (रहस्य) बताया है।

जातवेदससूक्तेनाख्यातं नस्त्रैपुराष्टकम् ।
यदिष्ट्वा मुच्यते योगी जन्मसंसारबन्धनात् ॥2॥

आपने हमको 'जातवेदसे' इस सूक्त के द्वारा त्रिपुराष्टक का विवरण भी समझाया है कि जिसे जानने से योगी जन्ममरणरूपी संसार के बन्धनों से छुटकारा पा सके।

अथ मृत्युंजयं नो ब्रूहीत्येवं ब्रुवतां सर्वेषां देवानां श्रुत्वेदं वाक्यमथात-स्त्र्यम्बकेनानुष्टुभेन मृत्युञ्जयं दर्शयति ॥3॥

अब आप हमें मृत्युंजय महामंत्र का रहस्य (विवरण) समझाइए। इस प्रकार ऋषियों का वाक्य सुनकर अनुष्टुप् छन्द में बिठाए गए त्र्यम्बकमंत्र का विवरण भगवान् सदाशिव कर रहे हैं।

कस्मात् त्र्यम्बकमिति । त्रयाणां पुराणामम्बकं स्वामिनं तस्मादुच्यते त्र्यम्बकमिति ॥4॥

त्र्यम्बकमंत्र में 'त्र्यम्बकम्'—ऐसा क्यों कहा गया है ? क्योंकि भगवान् रुद्र (महादेव) तीनों पुरों में (स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल में) अथवा स्थूल-सूक्ष्म-कारण—तीनों शरीरों में अपना स्वामित्व रखते हैं, इसलिए वे त्र्यम्बक हैं। उपनिषत् यहाँ अंबक का अर्थ स्वामी करती है, आँख नहीं।

अथ कस्मादुच्यते यजामह इति । यजामहे सेवामहे वस्तु महेत्यक्षरद्वयेन कूटत्वेनाक्षरैकेन मृत्युञ्जयमित्युच्यते तस्मादुच्यते यजामह इति ॥5॥

तो फिर 'यजामहे'—ऐसा क्यों कहा गया है ? क्योंकि 'यजामहे' शब्द का अर्थ, 'हम पूजा या स्तुति करते हैं'—ऐसा होता है। 'त्र्यम्ब' इन दो अक्षरों और 'क' अक्षर को कूट अर्थ वाला मानकर उसका अर्थ, 'मृत्युंजय' ऐसा दिया जाता है। इसलिए "हम मृत्युंजय की स्तुति करते हैं"—ऐसा कहने के लिए 'यजामहे' पद रखा गया है।

अथ कस्मादुच्यते सुगन्धिमिति । सर्वतो यश आप्नोति तस्मादुच्यते सुगन्धिमिति ॥6॥

'सुगन्धिम्'—ऐसा क्यों कहा जाता है ? क्योंकि भगवान् शिव चारों ओर से यश प्राप्त करते हैं इसलिए यशःसौरभ से 'सुगन्धिम्' ऐसा कहा जाता है।

अथ कस्मादुच्यते पुष्टिवर्धनमिति । यः सर्वान् लोकान् सृजति यः सर्वान् लोकांस्तारयति यः सर्वान् लोकान् व्याप्नोति तस्मादुच्यते पुष्टिवर्धन-मिति ॥7॥

तब फिर 'पुष्टिवर्धनम्' क्यों कहा गया ? क्योंकि जो सभी लोकों का सर्जन करता है, सभी लोकों को जो तारता है, और जो सभी लोकों में व्याप्त होकर रहता है, ऐसे भगवान् शिव हैं इसलिए उन्हें 'पुष्टिवर्धन' कहा गया है।

अथ कस्मादुच्यते उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीयेति । संलग्नत्वादु-र्वारुकमिव मृत्योः संसारबन्धनात् संलग्नत्वाद् बद्धत्वान्मोक्षीभवति मुक्तो भवति ॥8॥

और जो 'उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय'—ऐसा क्यों कहा गया है ? क्योंकि जैसे आरिया का (फूट का) फल परिपक्व होने के बाद अपने आप ही (टहनी से) अलग होकर गिर पड़ता है वैसे ही जिनका स्मरण करने से जीव संसाररूपी बन्धन से छूट जाता है, इसलिए 'उर्वारुकमिव' ऐसा कहा गया है। यहाँ प्रार्थना है कि—'मुझे मृत्यु से छुटकारा दिलाइए।'

अथ कस्मादुच्यते मामृतादिति। अमृतत्वं प्राप्नोत्यक्षरं प्राप्नोति स्वयं रुद्रो भवति ॥9॥

'मामृतात्' ऐसा क्यों कहा गया ? क्योंकि भगवान् मृत्युंजय का स्मरण करने वाला व्यक्ति अमृत से अर्थात् मोक्ष से अलग नहीं होता। वह अमृत को प्राप्त करता है। इसका अर्थ वह स्वयं रुद्र हो जाता है। (यहाँ उपनिषदभिप्रेत अर्थ दिया है। भाष्यकारों का अर्थ तो प्रार्थनात्मक है।)

देवा ह वै भगवन्तमूचुः—सर्वं नो व्याख्यातम्। अथ कैर्मन्त्रैः स्तुता भगवती स्वात्मानं दर्शयति तान् सर्वान् शैवान् वैष्णवान् सौरान् गाणेशान् नो ब्रूहीति ॥10॥

देवों ने भगवान् से कहा—"आपने हमसे सब कुछ कह दिया। अब किन-किन मंत्रों से स्तुता देवी भगवती मंत्रपाठकों को दर्शन देती है ? वे सभी मंत्र हमें बताइए। शैव, वैष्णव, सौर, गाणपत्य, जो-जो भी हों, उन सबको आप हमें बताइए।

स होवाच भगवान्—
त्र्यम्बकेनानुष्टुभेन मृत्युञ्जयमुपासयेत्।
पूर्वेणाध्वना व्याप्तमेकाक्षरमिति स्मृतम् ॥11॥

तब भगवान् ने कहा कि—अनुष्टुप् छन्द में बिठाए गए 'त्र्यम्बकं' आदि मंत्र से मृत्युंजय की उपासना करनी चाहिए। सबसे पहला मार्ग तो 'ॐ' इस एक अक्षर की उपासना का है। उस पूर्व मार्ग से यह एकाक्षर सर्वत्र व्याप्त ही है—ऐसा कहा गया है।

ॐ नमः शिवायेति याजुषमन्त्रोपासको रुद्रत्वं प्राप्नोति कल्याणं प्राप्नोति य एवं वेद ॥12॥

'ॐ नमः शिवाय'—यह यजुर्वेदप्रतिपादित मंत्र है। इसकी उपासना करने से साधक रुद्रत्व को प्राप्त होता है। और कल्याण को प्राप्त होता है। जो व्यक्ति ऐसा जानता-मानता है, (ऐसे उपासक को भगवती दर्शन देती है। इस प्रकार क्रमानुसार पहले शिवमंत्र कहे गए।)

तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः।
दिवीव चक्षुराततम् ॥13॥

यह वैष्णव (विष्णुदेवतात्मक) मंत्र है। भावार्थ यह है कि—वह विष्णु का परम स्थान है। उसे विद्वान् लोग हमेशा ही देखते रहते हैं। अन्तरिक्ष में विशाल नेत्र की तरह उसे विद्वान लोग हमेशा देखा करते हैं।

विष्णोः सर्वतोमुखस्य स्नेहो यथा पललपिण्डमोतप्रोतमनुव्याप्तं व्यतिरिक्तं व्याप्नुत इति व्याप्नुवतो विष्णोस्तत्परमं पदं परं व्योमेति परमं पदं पश्यन्ति वीक्षन्ते सूरयो ब्रह्मादयो देवास इति सदा हृदय आदधते। तस्माद्विष्णोः स्वरूपं वसति तिष्ठति भूतेष्विति वासुदेव इति ॥14॥

सर्वतोमुखी विष्णु का पद, घास के ढेर पर डाले गए तेल की तरह सर्वत्र फैल जाता है। ऐसे पद को आकाश की तरह व्यापक रूप में साधक देख सकता है। विद्वान् लोग उस पद को हृदय में देख सकते हैं। देवता लोग सदा उस वैकुण्ठ को अपने हृदय में ही देख सकते हैं। (उसकी स्पष्ट रूप से कल्पना (रचना) अपने हृदय में ही कर लेते हैं।) अर्थात् सालोक्य मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं। विष्णु प्राणीमात्र में व्याप्त हैं, बसे हुए हैं, इसलिए वे 'वासुदेव' कहे जाते हैं।

ॐ नम इति त्रीण्यक्षराणि। भगवत इति चत्वारि। वासुदेवायेति पञ्चाक्षराणि। एतद्वै वासुदेवस्य द्वादशार्णमभ्येति। सोपप्लवं तरति स सर्वमायुरेवैति विन्दते प्राजापत्यं रायस्पोषं गौपत्यं च समश्नुते ॥15॥

'ॐ नमः'—ये तीन अक्षर हैं, 'भगवते'—ये चार अक्षर हैं, 'वासुदेवाय'—ये पाँच अक्षर हैं। यह—'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' विष्णु का द्वादशाक्षर मंत्र है। जो साधक उसका आश्रय करता है, वह उपद्रवों को पार कर जाता है, पूर्ण आयुष्य भोगता है, प्रजावान और धनवान होता है, दुधारु गौ और अन्य प्राणियों का आधिपत्य प्राप्त करता है।

प्रत्यगानन्दं ब्रह्मपुरुषं प्रणवस्वरूपमकार उकारो मकार इति। तानेकधा संभवति तदोमिति ॥16॥

यह जो ओंकार है वह प्रत्यगानन्दस्वरूप है, ब्रह्मपुरुष—ईश्वररूपी है। इसमें अ, उ और म—ये तीन अक्षर हैं। इन तीन अक्षरों से वह विविध फल देने वाला होता है। विविध शक्ति सम्पन्न होने से ही इसे ओम् कहा जाता है।

हंसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्।
नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ॥17॥
इति ॥
हंसः इत्येतन्मनोरक्षरद्वितीयेन प्रभापुञ्जेन सौरेण घृतमब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं सत्याप्रभापुञ्जिन्युषासंध्याप्रज्ञाभिः शक्तिभिः पूर्वं सौरमधीयानः सर्वफलमश्नुते। स व्योम्नि परमे धामनि सौरे निवसते ॥18॥

'हंसः शुचिषद्' यह सूर्यमंत्र है। शुक्लयजुर्वेदीय वाजसनेयी संहिता के दसवें अध्याय का चौबीसवाँ मंत्र है। बारहवें अध्याय का चौदहवाँ मंत्र भी यही है। कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता में (1.8.15.3) भी यही है, और ऋग्वेद (4.10.5) में भी यही है। ऋग्वेदीय मंत्र में अंतिम पद 'बृहत्' नहीं है। इसका विवरण इस प्रकार है—'हंस' इन दो अक्षरों से तेजोराशि सूर्य से यह सब—जलचर, थलचर, गोजा (जरायुज), ज्ञानमय, वनचर, अद्रिजा—उद्भिज ज्ञान और यज्ञमय जगत् उस सूर्य की सत्या प्रभापुंजयुक्त उषा और सन्ध्या तथा प्रज्ञारूपी शक्तियों से धारण किया हुआ है। इस प्रकार सूर्यमंत्र का रहस्य समझने वाला साधक सब प्रकार का फल प्राप्त करता है। वह आकाश में स्थित परमधाम सौरमण्डल में निवास करता है।

गणानां त्वेति त्रैष्टुभेन पूर्वेणाध्वना मनुनैकार्णेन गणाधिपमभ्यर्च्य गणेशत्वं प्राप्नोति ॥19॥

'गणानान्त्वा०'—यह मंत्र त्रिष्टुभ् छन्द में है। यह मंत्र ऋग्वेद (2.23.1) का है। कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता (2.3.14.14) में भी यही मंत्र है। पूर्वाम्नाय के एकाक्षर—'ॐ गं गणपतये नमः' इस मंत्र से गणपति का पूजन करके साधक गणेशपद को प्राप्त करता है।

अथ गायत्री सावित्री सरस्वत्यजपा मातृका प्रोक्ता तया सर्वमिदं व्याप्तमिति ॥20॥

इसी तरह गायत्री, सावित्री, सरस्वती, अजपा और अक्षरमय देवी का वर्णन किया है। उस देवी के द्वारा सारा जगत् व्याप्त हो रहा है।

ऐं वागीश्वरीं विद्महे क्लीं कामेश्वरि धीमहि। सौस्तन्नः शक्तिः प्रचोदयादिति गायत्री प्रातः सावित्री मध्यन्दिने सरस्वती सायमिति निरन्तरमजपा हंस इत्येव मातृका पञ्चाशद्वर्णविग्रहेणाकारादिक्षकारान्तेन व्याप्तानि भुवनानि शास्त्राणि च्छन्दांसीत्येवं भगवती सर्वं व्याप्नोतीत्येव तस्यै वै नमो नम इति ॥21॥

'ऐं वागीश्वरीं विद्महे०'—यह शक्तिगायत्री है। वह प्रातःकाल में गायत्री, मध्याह्नकाल में सावित्री और सन्ध्याकाल में सरस्वती बनती है। वह निरन्तर 'हंसः-सोऽहं-हंसः'—इस प्रकार से अजपा गायत्री के रूप में रहती है। इस प्रकार 'अ' से लेकर 'क्ष' तक के अक्षरों से—पचास (बावन) अक्षरों से—वह भगवती सकल भुवनों, शास्त्रों, छन्दों में व्याप्त होकर रही है। ऐसा समझकर उस चराचरव्याप्त देवी को बार-बार नमस्कार हो।

तान् भगवानब्रवीदेतैर्मन्त्रैर्नित्यं देवीं स्तौति स सर्वं पश्यति सोऽमृतत्वं च गच्छति य एवं वेदेत्युपनिषत् ॥22॥

इति चतुर्थोपनिषत्।

उन ऋषियों से भगवान् ने कहा कि जो साधक इन मंत्रों से भगवती की नित्य ही स्तुति करता रहता है (उपासना करता रहता है) वह सब कुछ देख सकता है, मोक्ष प्राप्त करता है। उपनिषत् कहती है कि जो यह जानता है, वह सब कुछ जान लेता है।

यहाँ चतुर्थोपनिषत् पूरी हुई।

❋

पञ्चमोपनिषत्

देवा ह वै भगवन्तमब्रुवन् स्वामिन्नः कथितं स्फुटं क्रियाकाण्डं सविषयं त्रैपुरमिति। अथ परमं निर्विशेषं कथयस्वेति ॥1॥

देवों ने भगवान् से कहा—"हे भगवन्! आपने हमको त्रिपुरा सम्बन्धी उपासना का विषय तो स्पष्टरूप से बता दिया है। अब शेष रहा हुआ रहस्यज्ञान हमें संपूर्णतया बताइए।"

तान् होवाच भगवान् तुरीयया माययाऽन्त्यया निर्दिष्टं परमं ब्रह्मेति परमपुरुषं चिद्रूपं परमात्मेति। श्रोता मन्ता द्रष्टाऽऽदेष्टा स्प्रष्टाऽऽघोष्टा विज्ञाता प्रज्ञाता सर्वेषां पुरुषाणामन्तःपुरुषः स आत्मा स विज्ञेय इति ॥2॥

तब उन ऋषियों से भगवान् ने कहा—ज्ञान, विज्ञान और सम्यग् ज्ञान—इन तीन साधनों के द्वारा ब्रह्म का निरूपण किया गया है। इन तीन ज्ञानशक्तियों के द्वारा जगत् और जगत्कर्ता का भेद ज्ञात होने

पर उस भेदज्ञानकारी चौथी माया के द्वारा जिसका प्रतिपादन होता है, वही परब्रह्म है, उसे ही परमपुरुष और ज्ञानमय-चिद्रूप-परमात्मा समझना चाहिए। वही सुनने वाला, वही मानने वाला, वही देखने वाला, वही उपदेशक, वही स्पर्श करने वाला, वही सर्वविज्ञापक, वही विज्ञाता, वही रहस्यवेत्ता है। सभी पुरुषों के अन्तःकरणों में रहने वाला वह पुरुष (आत्मा, जीव) ही परमपुरुष (परमात्मा) है, ऐसा जानना चाहिए।

न तत्र लोकालोका न तत्र देवादेवाः पशवोऽपशवस्तापसो न तापसः पौल्कसो न पौल्कसो विप्रा न विप्राः। स इत्येकमेव परं ब्रह्म विभ्राजति निर्वाणम्। न तत्र देवा ऋषयः पितर ईशते। प्रतिबुद्धः सर्वविद्दे[दे]ति ॥3॥

इस तरह परमात्मा का ज्ञान होने के बाद लोक या अलोक (दृश्य या अदृश्य जगत्), देव या अदेव (देवातिरिक्त जीव), पशु या अपशु (पशु अतिरिक्त जीव), तपस्वी या अतपस्वी, चाण्डाल या चाण्डाल से भिन्न अन्य जातिवाले लोग, विद्वान् या अविद्वान् आदि में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं रहता। तब तो बस एक ही ब्रह्म विलसित हो रहा है—ऐसी भावना होना ही निर्वाण (मोक्ष) होता है। वहाँ (ज्ञानी की दृष्टि में) देवों, ऋषियों और पितृओं की सत्ता नहीं चलती। वह प्रतिबुद्ध (जाग्रत्, ज्ञानी, साधक) सब कुछ जानने वाला हो जाता है।

तत्रैते श्लोका भवन्ति—
अतो निर्विषयं नित्यं मनः कार्यं मुमुक्षुणा।
यतो निर्विषयो नाम मनसो मुक्तिरिष्यते ॥4॥

ऐसा होने पर निम्नांकित विधान (श्लोक) कहे जाते हैं कि—इसलिए मुमुक्षु को अपना मन सदैव विषयरहित, संकल्पविकल्परहित रखना चाहिए। क्योंकि मन को निर्विषय रखना ही मुक्ति है।

मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च।
अशुद्धं कामसङ्कल्पं शुद्धं कामविवर्जितम् ॥5॥
मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
बन्धनं विषयासक्तिर्मुक्त्यै निर्विषयं मनः ॥6॥
निरस्तविषयासङ्गं संनिरुद्धं मनो हृदि।
यदा यात्यमनीभावस्तदा तत्परमं पदम् ॥7॥
तावदेव निरोद्धव्यं यावद्धृदि गतं क्षयम्।
एतज्ज्ञानं च ध्यानं च शेषोऽन्यो ग्रन्थविस्तरः ॥8॥

मन दो प्रकार का होता है—शुद्ध और अशुद्ध। कामों और संकल्पों वाला मन अशुद्ध होता है और कामनाओं से रहित मन शुद्ध होता है। मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का कारण मन ही है। विषयों में आसक्ति ही बन्धन है और विषयों का मन में अभाव ही मुक्ति के लिए होता है। जब समस्त विषयों की आसक्ति को मन निरस्त (दूर) कर देता है, और जब वह मन हृदय में निरुद्ध हो जाता है, तब मनुष्य अमनीभाव को (मनोराहित्य को) प्राप्त होता है, इसके बाद मनुष्य मुक्ति पाता है, परमपद को प्राप्त करता है। जहाँ तक मन हृदय में लीन हो जाए, वहाँ तक उसका निरोध करते रहना चाहिए। यही ज्ञान है और यही ध्यान है। शेष तो सब केवल ग्रन्थों का विस्तारमात्र ही है।

नैव चिन्त्यं न चाचिन्त्यं न चिन्त्यं चिन्त्यमेव च ।
पक्षपातविनिर्मुक्तं ब्रह्म सम्पद्यते ध्रुवम् ॥9॥

ब्रह्म को चिन्त्य (विचार का विषय) भी नहीं कहा जा सकता और उसे अचिन्त्य (विचार का अविषय) भी तो नहीं कहा जा सकता। वह तो चिन्त्य (विचार का विषय) भी है, और अचिन्त्य (विचार का अविषय) भी तो है ही। वह किसी भी पक्षपात से विनिर्मुक्त है। इस तरह निरपेक्ष और निष्पक्षपात होने से ही मुक्ति (ब्रह्मप्राप्ति) मिल सकती है। अवश्य मुक्ति मिलती है।

स्वरेण संल्लयेद्योगी स्वरं सम्भावयेत् परम् ।
अस्वरेण तु भावेन न भावो भाव इष्यते ॥10॥
तदेव निष्कलं ब्रह्म निर्विकल्पं निरञ्जनम् ।
तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा ब्रह्म सम्पद्यते क्रमात् ॥11॥
निर्विकल्पमनन्तं च हेतुदृष्टान्तवर्जितम् ।
अप्रमेयमनाद्यं च यज्ज्ञात्वा मुच्यते बुधः ॥12॥
न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥13॥

श्वासों के उद्गमन-निर्गमन द्वारा निष्पन्न 'हंसः सोऽहम्' के चिन्तन से—अजपागायत्री के जप से योगी चित्त का लय कर सकता है। अतः विशिष्ट प्रक्रिया के लिए स्वरानुसन्धान रूप योगसिद्धि के लिए प्रयत्न करना चाहिए। स्वरूपानुसन्धान के बिना भाव कहा नहीं जा सकता। ब्रह्म निष्कल है—ह्रास-बुद्धि-शून्य है, वह निर्विकल्प है, निरंजन है और ऐसा ब्रह्म मैं स्वयं ही हूँ—ऐसा जानने से अर्थात् भावना करने से क्रमशः ब्रह्म की प्राप्ति हो सकती है। ब्रह्म निर्विकल्प, अनन्त, सर्वकारण और अनुपमेय है, वह अप्रमेय और अनादि है—इस प्रकार दृढ़तापूर्वक जान लेने से विद्वान् ज्ञानी मोक्ष प्राप्त कर सकता है। ऐसे साधक ज्ञानी के लिए कोई निरोध नहीं है, कोई उत्पत्ति नहीं है, कोई बद्ध नहीं है, कोई साधक नहीं है, कोई मुमुक्षु नहीं है और कोई मुक्त नहीं है। यही पारमार्थिकता है, यही मोक्ष है।

एक एवात्मा मन्तव्यो जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तिषु ।
स्थानत्रयव्यतीतस्य पुनर्जन्म न विद्यते ॥14॥
एक एव हि भूतात्मा भूते भूते व्यवस्थितः ।
एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत् ॥15॥
घटसंवृतमाकाशं नीयमाने घटे यथा ।
घटो नीयेत नाकाशं तथा जीवो नभोपमः ॥16॥
घटवद्विविधाकारं भिद्यमानं पुनः पुनः ।
तद्भेदे च न जानाति स जानाति च नित्यशः ॥17॥

जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति—इन तीनों अवस्थाओं में एक ही आत्मा अवस्थित है। उसी प्रकार स्वर्ग-मृत्यु-पाताल में भी वह एक ही रहता है। जो मनुष्य उन तीन अवस्थाओं और उन तीन लोकों से परे उठ जाता है—अवस्थाओं और स्थानों का अतिक्रमण कर देता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता। एक ही परमात्मा आत्मा के रूप में प्रत्येक वाणी में रहता है। चन्द्र एक होने पर भी भिन्न-भिन्न जलपात्रों में प्रतिबिम्ब के रूप में बहुत-सी संख्यावाला दिखाई देता है। आकाश अनन्त होने पर भी एक घड़े में वह 'घटाकाश' के रूप में (सीमित) रहता है। पर घड़ा जब दूर किया जाता है, तब वहाँ आकाश

व्याप्त हो जाता है। उसी प्रकार जीव भी आकाश की तरह व्यापक ही है, केवल शरीर आदि की उपाधि से सीमित मालूम होता है। घट में अवस्थित वह आकाश घट के प्रमाण में विविध आकारों वाला दीखता है अर्थात् अलग-अलग आकार वाला दीखता है, पर घड़े के नाश होने पर वह परमाकाश में मिल जाता है, वैसे ही जीव भी देहादि उपाधियों के नाश हो जाने पर भेद-भाव को नहीं जानता। ज्ञानी इस अभेदभाव को हमेशा ही जानता है।

शब्दमायावृतो यावत्तावत्तिष्ठति पुष्कले ।
भिन्ने तमसि चैकत्वमेक एवानुपश्यति ॥18॥
शब्दार्णमपरं ब्रह्म तस्मिन् क्षीणे यदक्षरम् ।
तद्विद्वानक्षरं ध्यायेद्यदीच्छेच्छान्तिमात्मनः ॥19॥
द्वे ब्रह्मणी हि मन्तव्ये शब्दब्रह्म परं च यत् ।
शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति ॥20॥
ग्रन्थमभ्यस्य मेधावी ज्ञानविज्ञानतत्परः ।
पलालमिव धान्यार्थी त्यजेद्ग्रन्थमशेषतः ॥21॥

शब्द की (नाम और रूप की) माया से आवृति होकर जहाँ तक जीव बहुत्व में (अनेकत्व में) रहता है, वहाँ तक ही वह बहुत्व में अनेकत्व में दिखाई देता है। परन्तु जब वह भ्रमजनक पाया गया अज्ञानान्धकार चला जाता है, तब तो यह मालूम पड़ जाता है कि वह तो एक ही है। शब्दव्याप्य ब्रह्म तो भिन्न-भिन्न दिखाई पड़ता है, परन्तु शब्दावरण के चले जाने पर (नाम के नष्ट हो जाने पर) तो वह अक्षर (अविनाशी) ब्रह्म ही दिखाई देता है। इसलिए विद्वान् मनुष्य यदि चित्त की शान्ति चाहता हो, तो अक्षरब्रह्म की उपासना करनी चाहिए। ब्रह्म के शब्दब्रह्म और परब्रह्म—ऐसे दो भेद होते हैं। जो मनुष्य शब्दब्रह्म में निष्णात होता है, वह परब्रह्म को प्राप्त कर सकता है। ज्ञानविज्ञान को प्राप्त करने की इच्छावाले मेधावी पुरुष को ग्रन्थों का (शास्त्रों का) अभ्यास करने के बाद फिर ब्रह्मज्ञान हो जाने के बाद, धान्य प्राप्त करने की इच्छावाले किसान की भाँति धान्य को लेकर छिलके छोड़ देने चाहिए अर्थात् ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति के बाद उस मेधावी को सभी ग्रन्थ छोड़ ही देने चाहिए।

गवामनेकवर्णानां क्षीरस्याप्येकवर्णता ।
क्षीरवत् पश्यति ज्ञानं लिङ्गिनस्तु गवां यथा ॥22॥
ज्ञाननेत्रं समाधाय स महत् परमं पदम् ।
निष्कलं निश्चलं शान्तं ब्रह्माहमिति संस्मरेत् ॥23॥

अनेक वर्णों वाली गायों का दूध तो एक वर्ण वाला ही होता है, इसी प्रकार दर्शनभेद से शास्त्र भले ही विविध संज्ञा वाले हों, फिर भी ज्ञान तो क्षीरवत् एक ही प्रकार वाला है, ऐसा मानना चाहिए। ज्ञानरूपी नेत्र का आश्रय करके "निश्चल, निष्कल, शान्त परब्रह्म मैं ही हूँ"—ऐसा ज्ञानी को सदा स्मरण करते रहना चाहिए।

इत्येकं परंब्रह्मरूपं सर्वभूताधिवासं तुरीयं जानीते सोऽक्षरे परमे व्योमन्यधिवसति ॥24॥
य एतां विद्यां तुरीयां ब्रह्मयोनिस्वरूपां तामिहायुषे शरणमहं प्रपद्ये ॥25॥

जो योगी (साधक) इस प्रकार सभी प्राणियों में निवास करने वाले चतुर्थ शक्तिरूप परब्रह्म को—वह एक ही और सर्वव्यापक है—ऐसा मानता (समझता) है, वह अक्षरस्थान में (परमाकाश में) अवस्थित मोक्षस्थान में निवास करता है। ब्रह्मप्राप्ति में कारणभूत इस चौथी ब्रह्मविद्या में, जो ब्रह्म की योनिस्वरूप हैं, मैं इस आयुष्य तक शरणापन्न ही रहूँगा।

आकाशाद्यनुक्रमेण सर्वेषां वा एतद्भूतानामाकाशः परायणं सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव जायन्त आकाश एव लीयन्ते तस्मादेव जातानि जीवन्ति तस्मादाकाशं बीजं विद्यात् ॥26॥

आकाश से क्रमशः उत्पन्न हुए (आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी) पंचभूतों के लिए आकाश ही आधारभूत स्थान माना जाता है। ये पाँचों महाभूत आकाश से उत्पन्न होकर आकाश में लीन हो जाते हैं। और वे जीते भी तो आकाश में ही हैं और उनका आदि (कारण) बीज भी आकाश ही है।

तदेवाकाशपीठं स्पार्शनं पीठं तेजःपीठममृतपीठं रत्नपीठं जानीयात्। यो जानीते सोऽमृतत्वं च गच्छति ॥27॥

वही आकाशपीठ है। वायु ही स्पर्श सम्बन्धी पीठ (स्पार्शन पीठ) है, वही तेजस् पीठ है, वही जलतत्त्व पीठ है, यानी अमृतपीठ है। वही रत्नपीठ है, ऐसा जो जानता है, वह मोक्षपद को प्राप्त हो जाता है।

तस्मादेतां तुरीयां श्रीकामराजीयामेकादशधा भिन्नामेकाक्षरं ब्रह्मेति यो जानीते स तुरीयं पदं प्राप्नोति य एवं वेदेति महोपनिषत् ॥28॥

इति पञ्चमोपनिषत्।

इति त्रिपुरातापिन्युपनिषत्समाप्ता।

इसलिए इस कामराज विद्या जो तुरीय विद्या है जो कि ग्यारह भेदों में बाँधी गई हैं, इसको जो एकाक्षर ब्रह्म (ॐ कार) की तरह जानता (मानता) है, वह तुरीय पद को (ब्रह्मपद को) प्राप्त होता है। और जो इस प्रकार जानता है, वह महोपनिषत् को जान लेता है।

यहाँ पाँचवीं उपनिषत् पूरी हुई।

इस प्रकार त्रिपुरातापिन्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(83) देव्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् अथर्ववेदीय परंपरा की है। यह उपनिषद् देवों और महादेवी के बीच प्रश्नोत्तर के रूप में रचित है। इस उपनिषत् में सबसे पहले चिति शक्ति की सर्वात्मता और सर्वाधारकता का विवेचन किया गया है। इसमें देवों के द्वारा की गई देवी की स्तुति भी शामिल है। इसके बाद आदि विद्या का उद्धार, आदि विद्या की महिमा, भुवनेशी एकाक्षर मंत्र, महाचण्डी नवाक्षर मंत्र तथा इस विद्या की फलश्रुति—ये सब विषय क्रमानुसार बताए गए हैं। यों तो यह उपनिषद् परिमाण में छोटी है, परन्तु देवी की साधना के लिए तन्त्रमार्ग की दृष्टि से बड़ी ही उपयोगी हैं।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

सर्वे वै देवा देवीमुपतस्थुः। कासि त्वं महादेवि ॥1॥
साब्रवीदहं ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगच्छून्यं चाशून्यं च अहमानन्दानानन्दाः विज्ञानाविज्ञानेऽहम्। ब्रह्मा ब्रह्मणी वेदितव्ये। इत्याहाथर्वणी श्रुतिः ॥2॥
अहं पञ्च भूतान्यपञ्चभूतानि। अहमखिलं जगत् वेदोऽहमवेदोऽहम्। विद्याहमविद्याहम्। अजाहमनजाहम्। अधश्चोर्ध्वं च तिर्यक्चाहम् ॥3॥

सब देवलोग देवी के पास जाकर प्रार्थना करने लगे कि "हे महादेवी! आप कौन हैं?" तब उस (देवी) ने कहा कि—मैं ब्रह्मस्वरूप हूँ। मुझमें से ही प्रकृति-पुरुषात्मक यह सद्रूप और असद्रूप जगत् उत्पन्न होता है, मैं ही आनन्द और आनन्द का अभाव हूँ, विज्ञान भी मैं हूँ, अविज्ञान भी मैं ही हूँ। जाननेयोग्य ब्रह्म और अब्रह्म भी मैं ही हूँ, ऐसा अथर्वश्रुति कहती है। पंचीकृत और अपंचीकृत महाभूत भी मैं ही हूँ। यह सारा दृश्य जगत् मैं ही हूँ। वेद भी मैं हूँ, अवेद भी मैं हूँ। विद्या भी मैं हूँ, अविद्या भी मैं हूँ। अजा और अनजा भी मैं हूँ। नीचे-ऊपर, तिरछे-सीधे भी मैं ही हूँ।

अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुत विश्वदेवैः। अहं मित्रावरुणावुभौ बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विनावुभौ ॥4॥
अहं सोमं त्वष्टारं पूषणं भगं दधाम्यहम्। विष्णुमुरुक्रमं ब्रह्माणमुत प्रजापतिं दधामि ॥5॥
अहं दधामि द्रविणं हविष्मते सुप्राव्ये३यजमानाय सुन्वते। अहं राष्ट्री सङ्गमनी वसूनामहं सुवे पितरमस्य मूर्धन् ॥6॥
मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे। य एवं वेद स देवीपदमाप्नोति ॥7॥

मैं रुद्रों और वसुओं के रूप में घूमती हूँ। आदित्यों और विश्वदेवों के रूप में भी मैं घूमती हूँ। मैं ही मित्र और वरुण, इन्द्र और अग्नि और दो अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मैं चन्द्र, त्वष्टा, पूषा (सूर्य) तथा भग को धारण करती हूँ। तीनों विश्वों पर विक्रम करने वाले विष्णु को, ब्रह्मा को और प्रजापति को मैं ही धारण करती हूँ। देवों को उत्तम हवि पहुँचाने वाले तथा सोमरस निकालने वाले यजमान के लिए मैं हविद्रव्यों से युक्त धन धारण करती हूँ। मैं समग्र जगत् की ईश्वर हूँ। उपासकों को धन देने वाली मैं ही हूँ। मैं ज्ञानवती हूँ। (ब्रह्मरूप मैं हूँ) पूजनीयों में प्रथम मैं ही हूँ। मैं पितृओं को उत्पन्न करती हूँ। मैं आत्मस्वरूप ईश्वर के शिरोभाग का (अन्तरिक्ष का) निर्माण करती हूँ। सभी प्राणियों के हृदय-कमल में (अन्तःसमुद्र में) तथा अप् तत्त्व में (सृष्टि के मूल कारण में) मेरा उत्पत्तिस्थान (मेरे स्वरूप को धारण करने वाली बुद्धिवृत्ति) है। जो साधक इस तरह जानता है वह दैवी विभूतियों को प्राप्त करता है।

ते देवा अब्रुवन्—
नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम् ॥8॥
तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीं वैरोचनीं कर्मफलेषु जुष्टाम्।
दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये सुतरां नाशयते तमः ॥9॥
देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतैतु ॥10॥
कालरात्रिं ब्रह्मस्तुतां वैष्णवीं स्कन्दमातरम्।
सरस्वतीमदितिं दक्षदुहितरं नमामः पावनां शिवाम् ॥11॥

उन देवों ने कहा—देवी को नमस्कार हो। बड़ों-बड़ों को भी अपने-अपने कर्त्तव्यों की ओर प्रवृत्त कराने वाली उस कल्याणकारिणी को नमस्कार हो। गुणसाम्यावस्थारूपिणी मंगलकारिणी देवी को नमस्कार हो। हम उसे नियमानुसार नित्य प्रणाम करते हैं। वह देवी अग्नि जैसे वर्णवाली है, वह ज्ञान से जगमगाती है, दीप्तिमती है, सबको कर्मफल देने वाली है, लोगों के द्वारा सेव्यमान है, ऐसी दुर्गादेवी की शरण में हम जाते हैं। वह असुरों का नाश करने वाली है। ऐसी वर्णित हे देवी! तुम्हें हमारा नमस्कार हो। प्राणदेवताओं ने जिस 'वैखरी' वाणी को प्रकट किया, उस प्रकाश देने वाली, विविध स्वरूपा वाणी के द्वारा प्राणी तरह-तरह से बोलते हैं, वह कामधेनुतुल्य, आनन्ददायक और अन्न एवं बल देने वाली वाक्स्वरूपा भगवती, हमारी स्तुति से परितुष्ट होकर हमारे पास आए। काल को भी नष्ट कर देने वाली, वेदों के द्वारा स्तुति की गई है ऐसी, विष्णुशक्ति लक्ष्मी, शिवशक्ति स्कन्दमाता, ब्रह्मा की शक्ति सरस्वती, देवमाता अदिति और दक्षकन्या सतीरूपी पापनाशिनी और कल्याणकारिणी उस भगवती को हम प्रणाम करते हैं।

महालक्ष्मीश्च विद्महे सर्वसिद्धिश्च धीमहि।
तन्नो देवी प्रचोदयात् ॥12॥
अदितिर्ह्यजनिष्ट दक्ष या दुहिता तव।
तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृतबन्धवः ॥13॥
कामो योनिः कामकला वज्रपाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरूच्येषा विश्वमाताऽऽदिविद्योम् ॥14॥

एषात्मशक्तिः। एषा विश्वमोहिनी पाशाङ्कुशधनुर्बाणधरा। एषा श्रीमहाविद्या ॥15॥
य एवं वेद स शोकं तरति ॥16॥

हम महालक्ष्मी को जानते हैं। हम उस सर्वशक्तिस्वरूपिणी का ही ध्यान करते हैं। वह देवी हमें इस विषय में (ज्ञानध्यान में) प्रेरित करें। हे दक्ष! आपकी जो अदिति नाम की कन्या हैं, उन्होंने स्तुति करने लायक अनेक देवों को जन्म दिया है। काम = **क**, योनि = **ए**, कमला = **ई**, वज्रपाणि इन्द्र = **ल**, गुहा = **ह्रीं**, **ह-स** ये दो अक्षर, मातरिश्वा (वायु) = **क**, आकाश = **ह्रु**, इन्द्र = **ल**, पुनः गुहा = **ह्रीं** (पुनः) **ह स क**—ये तीन अक्षर और माया = **ह्रीं**—इस तरह से जगन्माता की मूलविद्या (श्रीविद्या) मंत्र है। और यह ब्रह्मविद्या (श्रीविद्या) है। यह परमात्मा की शक्ति है। यह विश्वमोहिनी है। पाश, अंकुश, धनुष्य और बाण को धारण करने वाली और श्रीविद्या के द्वारा आराध्य यह श्रीमहात्रिपुर-सुन्दरी है। जो यह जानता है, वह शोक को पार कर जाता है।

नमस्ते अस्तु भगवति भवती मातरस्मान्पातु सर्वतः ॥17॥
सैषाऽष्टौ वसवः। सैषैकादश रुद्राः। सैषा द्वादशादित्याः। सैषा विश्वेदेवाः सोमपा असोमपाश्च। सैषा यातुधाना असुरा रक्षांसि पिशाचा यक्षाः सिद्धाः। सैषा सत्त्वरजस्तमांसि। सैषाब्रह्मविष्णुरुद्ररूपिणी। सैषा प्रजापतीन्द्रमनवः। सैषा ग्रहा नक्षत्रज्योतींषि कलाकाष्ठादिकाल-रूपिणी। तामहं प्रणौमि नित्यम् ॥18॥
तापापहारिणीं देवीं भुक्तिमुक्तिप्रदायिनीम्।
अनन्तां विजयां शुद्धां शरण्यां शिवदां शिवाम् ॥19॥

हे भगवती! तुम्हें नमस्कार हो। हे माता! तुम सभी उपायों के द्वारा हमारा रक्षण करो। वही यह देवी आठ वसु है, ग्यारह रुद्र है, बारह आदित्य है, वही सोमपान करने वाले और सोमपान नहीं करने वाले तेरह विश्वदेव—विश्वाधाररूप देव है। वह यातुधान—राक्षसविशेष, राक्षस, असुर, पिशाच, यक्ष और सिद्ध है। वह सत्त्व-रजस्-तमस् है। वही ब्रह्मा, विष्णु, महेश के रूप में है। वह प्रजापति, इन्द्र और मनुरूप है। वह ग्रह, नक्षत्र और तारे है। वह कला-काष्ठा आदि कालरूपिणी है। उसे मैं नित्य ही प्रणाम करता हूँ। पाप का नाश करने वाली, भुक्ति और मुक्ति—दोनों को देने वाली अनन्ता, विजयाधिष्ठात्री, निष्कलंक, शरण्या, कल्याणदात्री, मंगलस्वरूपिणी उस देवी का हम हमेशा वन्दन करते हैं।

वियदीकारसंयुक्तं वीतिहोत्रसमन्वितम्।
अर्धेन्दुलसितं देव्या बीजं सर्वार्थसाधकम् ॥20॥
एवमेकाक्षरं मन्त्रं यतयः शुद्धचेतसः।
ध्यायन्ति परमानन्दमया ज्ञानाम्बुराशयः ॥21॥
वाङ्माया ब्रह्मभूस्तस्मात्षष्ठं वक्त्रसमन्वितम्।
सूर्योऽवामश्रोत्रबिन्दुः संयुक्ताष्टात्तृतीयकः ॥22॥
नारायणेन संयुक्तो वायुश्चाधरसंयुतः।
विच्चे नवार्णकोऽर्णः स्यान्महदानन्ददायकः ॥23॥

जो वियत् = **ह** है, वह 'ई' कार से युक्त तथा वीतिहोम-अग्नि = **र** के साथ हो और वह फिर अर्धचन्द्र से 'ँ' से अलंकृत हो तब वह 'ह्रीँ' बनकर सर्वार्थसिद्धिदायक देवीमंत्र का बीज बनता है।

जो लोग शुद्ध चित्तवाले होते हैं, जो संयमी हैं, जो परमानन्दमय हैं, जो ज्ञान के सागर समान हैं, वे लोग इस एकाक्षर का ध्यान करते हैं। वाणी = **ऐं**, माया = **ह्रीं**, ब्रह्मस् (काम) = **क्लीं**, इन तीनों के बाद व्यंजनों का छठा अक्षर = **च**, और उसे वक्त्र = **आ** से युक्त किया जाए (तो वह **चा** होता है।) बाद में सूर्य = **म** को अवामगोत्र = **उ** से तथा बिन्दु—अनुस्वार से युक्त करके (मुं करके), टकार से तीसरे = **ड** को नारायण = **आ** से युक्त कर (डा करके), वायु = **य** को निचले ओठ = **ऐ** से युक्त करके (यै करके), 'विच्चे' पद को जोड़ देने से इस प्रकार का नवार्ण मंत्र (ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे) उपासकों को आनन्द और ब्रह्मसायुज्य देने वाला है।

हृत्पुण्डरीकमध्यस्थां प्रातःसूर्यसमप्रभाम्।
पाशाङ्कुशधरां सौम्यां वरदाभयहस्तकाम्।
त्रिनेत्रां रक्तवसनां भक्तकामदुघां भजे ॥24॥
नमामि त्वामहं देवीं महाभयविनाशिनीम्।
महादुर्गप्रशमनीं महाकारुण्यरूपिणीम् ॥25॥

हृदयकमल के मध्य में रहने वाली, प्रातःकालीन सूर्य के समान प्रभा वाली, पाश और अंकुश धारण करने वाली, आकर्षक रूपवाली, वरद और अभय मुद्रायुक्त हाथ वाली, तीन नेत्रों वाली, लाल वस्त्रों को धारण करने वाली और भक्तों के मनोरथों को पूर्ण करने वाली देवी को मैं नमस्कार करता हूँ। महा भय का नाश करने वाली, बड़े संकटों का शमन करने वाली, करुणा की साक्षात् महामूर्ति, महादेवी को मैं नमस्कार करता हूँ।

यस्याः स्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति तस्मादुच्यतेऽज्ञेया। यस्या अन्तो न विद्यते तस्मादुच्यतेऽनन्ता। यस्या लक्ष्यं नोपलभ्यते तस्मादुच्यतेऽलक्ष्या। यस्या जननं नोपलभ्यते तस्मादुच्यतेऽजा। एकैव सर्वत्र वर्तते तस्मादुच्यत एका। एकैव विश्वरूपिणी तस्मादुच्यते नैका। अत एवोच्यतेऽज्ञेयाऽनन्ताऽलक्ष्याऽजैका नैकेति ॥26॥

जिसका स्वरूप ब्रह्मा आदि नहीं जानते। इसलिए उसे 'अज्ञेया' कहा जाता है। जिसका कोई न ओर है, न छोर है, इसलिए उसे 'अनन्ता' कहा जाता है। जिसका कोई लक्ष्य देखा नहीं जाता इसलिए उसे 'अलक्ष्या' कहा जाता है। जिसका जन्म हमारी समझ में नहीं आता, इसलिए उसे 'अजा' कहा जाता है। जो अकेली ही सब जगह पर व्याप्त होकर रही है, इसलिए 'एका' कही जाती है। और विश्वरूपिणी होने से 'अनेका' कही जाती है। इस तरह यह देवी अज्ञेया, अनन्ता, अजा, एका और अनेका कही जाती है।

मन्त्राणां मातृका देवी शब्दानां ज्ञानरूपिणी।
ज्ञानानां चिन्मयातीता शून्यानां शून्यसाक्षिणी ॥27॥
यस्याः परतरं नास्ति सैषा दुर्गा प्रकीर्तिता।
तां दुर्गां दुर्गमां देवीं दुराचारविघातिनीम्।
नमामि भवभीतोऽहं संसारार्णवतारिणीम् ॥28॥

सभी मंत्रों में मातृका, मूल अक्षर के रूप में रहने वाली, शब्द में अर्थ के रूप में रहने वाली, ज्ञानों में भी अतिक्रान्त होकर चितिमय, शून्यों में भी शून्य के साक्षी के रूप में रहने वाली, जिससे कुछ

भी अधिक नहीं है ऐसी परमतत्त्वस्वरूपा वह 'दुर्गा' के नाम से प्रसिद्ध है। जिसे जानना-पहचानना बड़ी दुर्लभ बात है, ऐसी दुराचारनाशक संसार-सागर को पार कराने वाली दुर्गा देवी को संसार से डरा हुआ मैं नमस्कार करता हूँ।

इदमथर्वशीर्षं योऽधीते स पञ्चाथर्वशीर्षजपफलमवाप्नोति।
इदमथर्वशीर्षमज्ञात्वा योऽर्चां स्थापयति ॥29॥
शतलक्षं प्रजप्त्वापि सोऽर्चासिद्धिं न विन्दति।
शतमष्टोत्तरं चास्याः पुरश्चर्याविधिः स्मृतः ॥30॥
दशवारं पठेद्यस्तु सद्यः पापैः प्रमुच्यते।
महादुर्गाणि तरति महादेव्याः प्रसादतः ॥31॥

इस देव्यथर्वशीर्ष का जो अध्ययन करता है उसे पाँच अथर्वशीर्षों का (गणेश, नारायण, सूर्य, शिव और देवी का) फल मिलता है। इस अथर्वशीर्ष को पढ़े (समझे) जाने बिना जो लोग प्रतिमा की प्रतिष्ठा करते हैं, उन्हें करोड़ों मन्त्रों का जाप करने पर भी प्रतिष्ठा का फल प्राप्त नहीं होता। जो मनुष्य इस अथर्वशीर्ष का दस बार पाठ (अध्ययन) करता है, वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है। और महादेवी के प्रसाद-कृपा से बड़े-बड़े कष्टों को पार कर लेता है।

प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। तत्सायंप्रातः प्रयुञ्जानः पापोऽपापो भवति। निशीथे तुरीयसंध्यायां जप्त्वा वाक्सिद्धिर्भवति। नूतनप्रतिमायां जप्त्वा देवतासान्निध्यं भवति। प्राणप्रतिष्ठायां जप्त्वा प्राणानां प्रतिष्ठा भवति। भौमाश्विन्यां महादेवीसंनिधौ जप्त्वा महामृत्युं तरति। य एवं वेदेत्युपनिषत् ॥32॥

इति देव्युपनिषत्समाप्ता।

जो प्रातःकाल में इसका अध्ययन करता है, वह रात्रि के पाप को नाश कर देता है और जो सायंकाल में इसका अध्ययन करता है, दिन में किए हुए पापों का नाश कर देता है। प्रातःकाल और सायंकाल—दोनों समय पढ़ने वाला निष्पाप हो जाता है। मध्यरात्रि में चतुर्थ सन्ध्या के समय में पाठ-जप-करने वाला वाक् सिद्धि को प्राप्त करता है और नयी प्रतिमा के आगे बैठकर जप करने वाला, उस प्रतिमा में देवता का वास करवाता है। प्राणप्रतिष्ठा के समय जाप करने से मूर्ति में प्राणों की प्रतिष्ठा हो जाती है। भौमाश्विनी में (मंगलवार और अश्विनी के योग में) देवी की प्रतिमा के सम्मुख जो जाप करता है, वह मनुष्य महामृत्यु से बच जाता है। इस प्रकार से अविद्यानाशक यह विद्या है। जो ऐसा जानता है वह सही जानता है। ऐसी यह उपनिषद् है।

इस प्रकार देव्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

(84) त्रिपुरोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

ऋग्वेदीय परम्परा की इस उपनिषत् में सबसे पहले चित्-शक्ति का स्वरूप बताया गया है। बाद में उस चित्शक्ति की वन्दना की गई है। इसके बाद 'कामेश्वर' का स्वरूप, आवरणदेवता, शिवकामसुन्दरी विद्या का प्रतिफल, आदि मूलविद्या का स्वरूप, संन्यासियों को आदि विद्या का फल, देवी के ज्ञान का फल, मन्द साधकों के लिए ध्यान, अधम कक्षा के साधकों के अनुष्ठान और उनके फल तथा इसके साथ निष्काम साधकों की ब्रह्मप्राप्ति आदि विषय बताए गए हैं। यह उपनिषत् तांत्रिक है इसलिए इसमें सांकेतिक शब्दों की भरमार है। इस उपनिषद् में बीजमंत्रों की साधना द्वारा ब्रह्मप्राप्ति का उपाय बतलाया गया है। ऐसी कई उपनिषदें हैं जो सांकेतिक शब्द, प्रतीकात्मक भाषा और कुछ पारिभाषिक शब्दों के कारण जनसाधारण की समझ में नहीं आतीं, उनमें से यह एक है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि---वक्तारमवतु वक्तारम्। (पूर्ववत्)

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (अक्षमालिकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

तिस्रः पुरस्त्रिपथा विश्वचर्षणा अत्राकथा अक्षराः संनिविष्टाः।
अधिष्ठायैना अजरा पुराणी महत्तरा महिमा देवतानाम् ॥1॥
नवयोनीर्नवचक्राणि दधिरे नवैव योगा नव योगिन्यश्च।
नवानां चक्रा अधिनाथा स्योना नव भद्रा नव मुद्रा महीनाम् ॥2॥

यह शक्ति, तीन पुरों में (स्थूल-सूक्ष्म-कारणरूप शरीरों में), तीन पथों में (ज्ञान-कर्म-उपासना में अथवा ज्ञान-विज्ञान-सम्यग्ज्ञान में), सन्निविष्ट है और अ क य आदि अक्षरों में (अ से लेकर क्ष तक के सभी अक्षरों में अधिष्ठित है। ऐसे सबको समान दृष्टि से देखने वाली प्राचीन, अजर, अमर यह शक्ति अपनी महिमा में—सब देवों से अधिकतर महिमा में स्थित है। वह चैतन्यशक्ति, नव योनियों में, नव चक्रों में, नव योगों में, नव योगिनियों में, नवचक्रों की आधारशक्तियों में, नव सुखाकारी भद्राओं में तथा महिमाशालिनी नव मुद्राओं में प्रकाशित हो रही है।

टिप्पणी—

नवयोनि	श्रीयंत्र में बनती हुई नव योनियाँ—महात्रिपुरसुन्दरी आदि नामवाली महाशक्तियाँ।
नवचक्र	1. सर्वानन्दमय, 2. सर्वसिद्धिप्रद, 3. सर्वरक्षाकर, 4. सर्वरोगहर, 5. सर्वार्थसाधक, 6. सर्वसौभाग्यप्रदायक, 7. सर्वसंक्षोभण 8. सर्वाशापरिपूरक और 9. त्रैलोक्यमोहन।

नौ चक्रों की आधार शक्तियाँ	1. महात्रिपुरसुन्दरी, 2. त्रिपुराम्बा, 3. त्रिपुरसिद्धा, 4. त्रिपुरमालिनी, 5. त्रिपुराक्षी, 6. त्रिपुरवासिनी, 7. त्रिपुरसुन्दरी, 8. त्रिपुरेशी, और 9. त्रिपुरा।
नवयोग	1. यम, 2. नियम, 3. आसन, 4. प्राणायाम, 5. प्रत्याहार, 6. धारणा, 7. ध्यान, 8. समाधि और 9. सहजयोग।
नव योगिनियाँ	पूर्वोक्त (नवचक्रों में) कहे गये नवचक्रों में निवास करने वाली नव शक्तियाँ।
नवमुद्राएँ	1. योनि, 2. बीज, 3. खेचरी, 4. महांकुशा, 5. महोन्मादिनी, 6. सर्ववशंकरी, 7. सर्वाकर्षिणी, 8. सर्वविद्राविणी और 9. सर्वसंक्षोभिणी।
नवभद्रा	कामेश्वरी आदि नव शक्तियाँ ही नव भद्राएँ हैं।

एका स आसीत्प्रथमा सा नवासीदा सोनविंशादा सोनत्रिंशात्।
चत्वारिंशादथ तिस्रः समिधा उशतीरिव मातरो माऽऽविशन्तु ॥3॥
ऊर्ध्वज्वलज्ज्वलनं ज्योतिरग्रे तमो वै तिरश्चीनमजरं तद्रजोऽभूत्।
आनन्दनं मोदनं ज्योतिरिन्दोरेता उ वै मण्डला मण्डयन्ति ॥4॥

सबसे पहले तो चित्-शक्ति अकेली थी। उसमें से पुरुष, प्रकृति, महत्तत्त्व, अहंकार, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी—इस तरह नव स्वरूप में हुई। इसके बाद पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण और चार अन्तःकरण मिलकर वह उन्नीस स्वरूप में हुई। इसके बाद इन उन्नीस तत्त्वों के उपरान्त पाँच तन्मात्राएँ और पाँच उपप्राण मिलकर उनतीस तत्त्वों की उत्पत्ति हुई। इस प्रकार एक ही चित्शक्ति उनतीस प्रकार की हुई। इसके बाद ज्ञान, इच्छा और क्रिया रूप (सत्त्व-रजस्-तमस् के भेद से) तीन, तथा कर्म, विक्षेप, आवरण, हर्ष और शोक—ये चार कर्म तथा विश्व, तैजस, प्राज्ञ, तुर्य—ये चार तत्त्व; इस प्रकार उन पूर्वोक्त उनतीस तत्त्वों के साथ ये ग्यारह मिलने से कुल चालीस तत्त्व होते हैं। उन तत्त्वों से युक्त यह दृश्यमान जगत् है। और ज्ञान-इच्छा-क्रियारूपी तीन समिधाएँ (जलाए जानेवाले काष्ठ अथवा ज्ञान-विज्ञान-सम्यग्ज्ञानरूपी तीन समिधाएँ) इन सबसे युक्त वह देवी जैसे माँ अपने बच्चों के प्रति भावयुक्त होती है, वैसी होकर मुझे ब्रह्मपद की प्राप्ति कराने वाली हो। जैसे अग्नि अपने में पड़े हुए द्रव्य को अपनी ज्योति के द्वारा ऊर्ध्व गति में ले जाता है, वैसे ही वह पराशक्ति मुझे उस जगमगाती हुई ऊर्ध्वज्योति (ब्रह्मज्योति) में ले जाए और तिरछी-सी पड़ी हुई क्रियाशक्ति और अजर रजोमयी इच्छाशक्ति उसमें सहायक बनी रहे। ये ज्योतियाँ चन्द्रमण्डल को भी शोभा देने वाली आनन्दमयी (परमानन्दमयी) जैसे बनती हैं, वैसे ही मुझे भी ब्रह्मपद में लीन करके आनन्दयुक्त बना दें।

यास्तिस्रो रेखाः सदनानि भूस्त्रीस्त्रिविष्टपास्त्रिगुणास्त्रिप्रकाराः।
एतत्त्रयं पूरकं पूरकाणां मन्त्री प्रथते मदनो मदन्या ॥5॥
मदन्तिका मानिनी मंगला च सुभगा च सा सुन्दरी सिद्धिमत्ता।
लज्जा मतिस्तुष्टिरिष्टा च पुष्टा लक्ष्मीरुमा ललिता लालपन्ती ॥6॥

ये तीन रेखाएँ, चार सदन और तीन भूस्थल हैं। तीन विष्टप, तीन गुण और तीन-तीन प्रकार (भेद) हैं। ये सभी त्रिक पूर्णता प्रदान करने के साधन स्वरूप हैं। मंत्र में (श्रीचक्र में) कामनापूरक शक्ति से कामना के अधिष्ठाता देव (मदन) जयशील हो। (ज्ञान-इच्छा-क्रियाशक्ति तीन रेखाएँ हैं। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-तुर्य—ये चार सदन हैं। अथवा नेत्र-कण्ठ-हृदय और सहस्रार—ये चार सदन हैं। तीन विष्टप हैं और सत्त्व-रजस्-तमस् के त्रिगुणीकरण से नव भेद होते हैं।) उनके परिवार के आवरण-देवता की संख्या पंद्रह है। वह क्रमशः मदन्तिका, मानिनी, मंगला, सुभगा, सुन्दरी, सिद्धिमत्ता, लज्जा, मति, तुष्टि, इष्टा, पुष्टा, लक्ष्मी, उमा, ललिता और लालपन्ती है।

इमां विज्ञाय सुधया मदन्ती परिसृता तर्पयन्तः स्वपीठम्।
नाकस्य पृष्ठे महतो वसन्ति परं धाम त्रैपुरं चाविशन्ति ॥7॥
कामो योनिः कामकला वज्रपाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरूच्येषा विश्वमाताऽऽदिविद्या ॥8॥

साधक इन्हें जानकर इनके अमृतमय गुणों से आनन्दित होकर स्वपीठ—श्रीचक्रपीठ को दूध आदि द्रव्यों से तृप्त करके महान् स्वर्गलोक में वास करते हैं और परमधाम त्रैपुर में जाकर स्वयं को धन्य (कृतार्थ) मानते हैं। आदि विद्या का स्वरूप ऐसा है—काम, योनि, कामकला, वज्रपाणि, गुहा, हसा, मातरिश्वा, अभ्र, इन्द्र, फिर से गुहा, सकला और माया आदि से यह विशिष्टरूपा विद्या प्रवर्तित हुई है। (जैसे—काम = क, योनि = ए, कामकला = ई, चक्रपाणि = ल, गुहा = ह्रीं, हसा = ह स, मातरिश्वा = क, अभ्र = ह, इन्द्र = ल, गुहा = ह्रीं, सकला = स क ल, और माया = ह्रीं—ये सभी अक्षर प्रणवात्मिका आदि विद्या के प्रतीक हैं।)

षष्ठं सप्तममथ वह्निसारथिमस्या मूलत्रिकमादेशयन्तः।
कथ्यं कविं कल्पकं काममीशं तुष्टुवांसो अमृतत्वं भजन्ते ॥9॥
पुरं हन्त्रीमुखं विश्वमातू रवे रेखा स्वरमध्यं तदेषा।
बृहत्तिथिर्दश पञ्चा च नित्या सषोडशिकं पुरमध्यं बिभर्ति ॥10॥

केवल विरक्त भावना वाले साधक इस मूलाविद्या के पंद्रह अक्षरों में से छठे अक्षर, सातवें अक्षर, और ककार को पंचदशी विद्या के आद्यकूट के प्रथम तीन वर्णों के स्थान में जोड़कर केवल वाणी से ही ज्ञापित किये जा सके, ऐसे सर्वज्ञ, सर्वादिस्वरूप भगवान् कामेश्वर को भजकर मोक्ष प्राप्त करते हैं। इसे हादि विद्या कहते हैं। (हसक का जाप भजन कहा गया है।) वह देव हन्त्रीमुख—ह स क रूप को, विश्वमाता के रूप को, रविरेखा के रूप को, स्वरमध्य—ई और ओ के रूप को और अनेक रूपों को धारण करती है और पलक से लेकर कल्पान्त तक अवस्थित रहती है तथा पंद्रह तिथियाँ, वार, नक्षत्रादि, सोलहवीं तिथि पूर्णिमा आदि सभी रूपों को धारण करती हुई स्व-अविद्या आधारित रूपों में नित्य विराजित रहती है।

यद्वा मण्डलाद्वा स्तनबिम्बमेकं मुखं चाधस्त्रीणि गुहासदनानि।
कामीकलां कामरूपां चिकित्वा नरो जायते कामरूपश्च कामः ॥11॥
परिसृतं झषमाजं पलं च भक्तानि योनीः सुपरिष्कृताश्च।
निवेदयन्देवतायै महत्यै स्वात्मीकृते सुकृते सिद्धिमेति ॥12॥

रवि-चन्द्रादि मण्डल से उद्भूत उस सर्वांगसुन्दरी का मुख तथा एक स्तनबिम्ब नीचे की ओर है। उसके स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीररूप देहत्रय की गुहा में अवस्थित परमेश्वर की कामकला का ध्यान करके योगी जन अपनी समस्त कामनाओं को पूर्ण करके स्वेच्छा से काममय हो जाते हैं, परन्तु काम्यफल तो जन्मादि का कारण होने से मुमुक्षु लोगों को सकाम उपासना नहीं करनी चाहिए। और अधम साधक विधिवत् तैयार किए गए अपने मांस आदि भोज्य पदार्थों को सर्वप्रथम महादेवी को समर्पित करके प्रसादरूप में ग्रहण करके पुण्यकर्मों के द्वारा सिद्धि प्राप्त करते हैं।

सृण्येव सितया विश्वचर्षणिः पाशेनैव प्रतिबध्नात्यभीकान्।
इषुभिः पञ्चभिर्धनुषा च विध्यत्यादिशक्तिररुणा विश्वजन्या ॥13॥
भगः शक्तिर्भगवान्काम ईश उभा दातारावि‌ह सौभगानाम्।
समप्रधानौ समसत्त्वौ समोजौ तयोः शक्तिरजरा विश्वयोनिः ॥14॥

और जो मनुष्य काम्यकर्मों में ही तल्लीन हुआ करते हैं, उन जीवों को यह विश्वशक्ति आदि-जननी, अरुणा त्रिपुरसुन्दरी अपने पाशों से बाँधती है, अपने श्वेत अंकुश से खींचती है, फिर धनुष और पाँच बाणों के द्वारा उन्हें बींधती है। शक्ति 'भग' यानी ऐश्वर्य है। और ईश्वर-कामेश्वर-भगवान् ऐश्वर्यवान हैं। ये दो—भगवती ललिता-त्रिपुरासुन्दरी और भगवान् कामेश्वर—भाग्य को देने वाले (ऐश्वर्यदायक) हैं। ये दोनों समान प्रकृति वाले, समान सत्त्व वाले और समान तेज वाले हैं। उनकी शक्ति अजर (अक्षय) और जगत् को उत्पन्न करने वाली है।

परिसृता हविषा भावितेन प्रसंकोचे गलिते वैमनस्कः।
शर्वः सर्वस्य जगतो विधाता धर्ता हर्ता विश्वरूपत्वमेति ॥15॥
इयं महोपनिषत्त्रैपुर्या यामक्षरं परमो गीर्भिरीट्टे।
एषर्ग्यजुः परमेतच्च सामायमथर्वेयमन्या चविद्या ॥16॥
ॐ ह्रीं ॐ ह्रीमित्युपनिषत् ॥17॥

इति त्रिपुरोपनिषत्समाप्ता।

निष्काम साधनावाला उत्तम साधक जब अर्पित किए गए शुद्ध हवि से आवरणों के पिघल जाने से मनोरहित (अमनस्क) हो जाता है, संकल्पविकल्पशून्य हो जाता है, तब वह शिवस्वरूप हो जाता है। वह तब समस्त जगत् का कर्ता धर्त्ता, और हर्ता बन जाता है। वह ब्रह्मा-विष्णु-महेशरूप हो जाता है। वह ब्रह्मरूप हो जाता है। यह उस त्रिपुरासुन्दरी की उपनिषत् है कि जिसका ऋग्वेद, यजुर्वेद सामवेद, अथर्ववेद और अन्य शास्त्र भी अपनी अक्षय वेदरूप वाणी से स्तवन किया करते हैं। ऐसी त्रिपुरासुन्दरी की यह उपनिषत् है। "ॐ ह्रीं ॐ ह्रीम्"—यही उपनिषद् है।

इस प्रकार त्रिपुरोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि……वक्तारमवतु वक्तारम्। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(85) कठरुद्रोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस उपनिषत् का अपर नाम 'कण्ठरुद्रोपनिषत्' भी है। यह कृष्णयजुर्वेदीय शाखा में आई हुई है। देवाताओं ने प्रजापति के आगे ब्रह्मविद्या सम्बन्धी जिज्ञासा की और प्रजापति ने संन्यास आश्रम की प्रवेशविधि कहकर बाद में ब्रह्मविद्या का निरूपण किया है। पहली तीन कण्डिकाओं में संन्यासग्रहण की विधि कही है, फिर 4 से 11 तक की कण्डिकाओं में संन्यासातिरिक्त अन्य निर्वहनीय अनुशासनों का वर्णन किया गया है। बाद में ब्रह्म, माया, तन्मात्राओं तथा ब्रह्माण्ड की रचना के विषय में बताया गया है। पंचकोशों का—पंच आत्माओं का रहस्य समझाकर परमात्मा को ही ईश्वर, जीव, प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय और फल आदि के रूप में प्रतिष्ठापित किया गया है। उपसंहार में इस सारे कथोपकथन को वेदान्त के साररूप के रूप में कहा गया है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ—मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

हरिः ॐ देवा ह वै भगवन्तमब्रुवन्नधीहि भगवन्ब्रह्मविद्याम्। स प्रजापतिरब्रवीत् ॥1॥
सशिखान्केशान्निष्कृष्य विसृज्य यज्ञोपवीतं निष्कृष्य ततः पुत्रं दृष्ट्वा त्वं ब्रह्मा त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कारस्त्वमोंकारस्त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं धाता त्वं विधाता। अथ पुत्रो वदत्यहं ब्रह्माहं यज्ञोऽहं वषट्कारोऽहमोंकारोऽहं स्वाहाहं स्वधाहं धाताहं विधाताहं त्वष्टाहं प्रतिष्ठास्मीति। तान्येतान्यनुव्रजन्नाश्रुमापातयेत्। यदश्रुमापातयेत्प्रजां विच्छिन्द्यात्। प्रदक्षिणमावृत्त्यैतच्चैतच्चानवेक्षमाणाः प्रत्ययान्ति। स स्वर्ग्यो भवति ॥2॥

देवों ने भगवान् प्रजापति से कहा—'हे भगवन्! आप हमें ब्रह्मविद्या पढ़ाइए।' यह सुनकर प्रजापति ने कहा—संन्यास के लिए सज्ज हुए पुरुष को शिखा के साथ सभी केशों को निकालकर यज्ञोपवीत छोड़कर पुत्र का भी त्याग करके पुत्र के सामने देखकर कहना चाहिए कि—"तुम ब्रह्मा हो, तुम यज्ञ हो, तुम वषट्कार हो, तुम ओम्कार हो, तुम स्वाहा हो, तुम स्वधा हो, तुम धाता हो, तुम विधाता हो, और तुम त्वष्टा हो, तुम प्रतिष्ठा हो।" तब पुत्र को भी प्रत्युत्तर में कहना चाहिए कि—"मैं ब्रह्मा हूँ, मैं यज्ञ हूँ, मैं वषट्कार हूँ, मैं ॐकार हूँ, मैं स्वाहा हूँ, मैं स्वधा हूँ, मैं धाता हूँ, मैं विधाता हूँ, मैं त्वष्टा हूँ, मैं प्रतिष्ठा हूँ।" बाद में जब वह संन्यासी होकर निकलता है और सब उसके सगे-सम्बन्धी उसके पीछे जाएँ, तब उन्हें आँसू नहीं लाने चाहिए, क्योंकि उस समय जो आँसू गिराते हैं, वे प्रजा का नाश करते हैं। फिर उस संन्यास धारण करने वाले की उसके सगे-सम्बन्धियों के द्वारा

प्रदक्षिणा की जानी चाहिए। और फिर इधर-उधर देखे बिना उन्हें सीधे घर पर चला जाना चाहिए। इस तरह से संन्यास लेने वाला स्वर्ग को प्राप्त करता है।

ब्रह्मचारी वेदमधीत्य वेदोक्ताचरितब्रह्मचर्यो दारानाहृत्य पुत्रानुत्पाद्य ताननुरूपोपाधिभिर्वितत्येष्ट्वा च शक्तितो यज्ञैस्तस्य संन्यासो गुरुभिरनुज्ञातस्य बान्धवैश्च। सोऽरण्यं परेत्य द्वादशरात्रं पयसाग्निहोत्रं जुहुयात्। द्वादशरात्रं पयोभक्षः स्यात्। द्वादशरात्रस्यान्तेऽग्नये वैश्वानराय प्रजापतये च प्राजापत्यं चरुं वैष्णवं त्रिकपालमग्निम्। संस्थितानि पूर्वाणि दारुपात्राण्यग्नौ जुहुयात्। मृण्मयान्यप्सु जुहुयात्। तैजसानि गुरवे दद्यात्। मा त्वं मामपहाय परागाः। नाहं त्वामपहाय परागामिति। गार्हपत्यदक्षिणाग्न्याहवनीयेष्वरणिदेशाद्धस्ममुष्टिं पिबेदित्येके। सशिखान्केशान्निष्कृष्य विसृज्य यज्ञोपवीतं भूः स्वाहेत्यप्सु जुहुयात्। अत ऊर्ध्वमनशनमपां प्रवेशमग्निप्रवेशनं वीराध्वानं महाप्रस्थानं वृद्धाश्रमं वा गच्छेत्। पयसा यं प्राश्नीयात्सोऽस्य सायंहोमः। यत्प्रातः सोऽयं प्रातः। यद्दर्शे तद्दर्शम्। यत्पौर्णमास्ये तत्पौर्णमास्यम्। यद्वसन्ते केशश्मश्रुलोमनखानि वापयेत्सोऽस्याग्निष्टोमः ॥3॥

जिसने ब्रह्मचारी होकर वेदाध्ययन किया हो, वेद के नियमानुसार ब्रह्मचर्य का पालन किया हो, बाद में स्त्री के साथ विवाह करके सन्तानों की उत्पत्ति की हो, और पुत्रादि का निरुपाधिक विस्तार किया हो, और फिर यथाशक्ति यज्ञ किए हों, वही मनुष्य गुरु की आज्ञा लेकर, सगे-सम्बन्धियों की सम्मति लेकर संन्यासी हो सकता है। इस तरह संन्यासी होने वाले मनुष्य को वन में जाकर बारह दिनों तक दूध से अग्निहोत्र करना चाहिए। उन बारह दिनों तक उसे दूध का ही आहार करना चाहिए। फिर उन बारह दिनों के बीत जाने पर वैश्वानर अग्नि तथा प्रजापति को उद्देश्य करके चरु अर्पण करना चाहिए। वह चरु तीन कपालों पर पकाया होना चाहिए। प्रजापति और विष्णु उसके देव होते हैं। बाद में वहाँ जो काष्ठ के पात्र पड़े हों, उन्हें अग्नि में होम के रूप में डाल देना चाहिए, और मिट्टी के बर्तनों को जल में डाल देना (होम करना) चाहिए। धातु के बरतनों को गुरु को दे देना चाहिए। उस समय ये मंत्र बोलने चाहिए—'तुम लोग मुझे छोड़ न देना। मैं भी तुम्हें नहीं छोड़ूँगा।' यहाँ पर कुछ लोग कहते हैं कि गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि तथा आहवनीय अग्नियों के निमित्त जो अरणिकाष्ठ हो, उसकी भस्म की एक मुट्ठी का उस समय प्राशन (भक्षण) करना चाहिए। फिर उसके बाद शिखासहित केशों को निकालकर, यज्ञोपवीत का त्याग करके 'भूः स्वाहा' ऐसा बोलकर उसका त्याग करना चाहिए। बाद में अनशन ले लेना चाहिए अथवा जल में प्रवेश करना चाहिए। या तो अग्नि में भी प्रवेश किया जा सकता है। अथवा वीर पुरुषों के मार्ग में प्रयाण करना चाहिए। (महाप्रस्थान करना चाहिए) अथवा वृद्ध तपस्वियों के आश्रम में चले जाना चाहिए। वह संन्यासी पानी के साथ जो कुछ भी खाता है, वही उसका होम है। जो शाम को इस तरह प्राशन करता है वह सायं होम और जो सुबह इस तरह प्राशन करता है, वह उसका प्रातर्होम होता है। वह जो अमावस के दिन प्राशन करता है वह उसका 'दर्श होम' (अमावस का होम) होता है और जो पूर्णिमा के दिन प्राशन करता है, वह उसका 'पौर्णमासी होम' होता है। और वह वसन्त ऋतु में जो अपने केश-दाढ़ी-मूँछ-रोम आदि निकाल देता है वही उसका अग्निष्टोम होता है।

संन्यस्याग्निं न पुनरावर्तयेन्मृत्युर्जयमावहमित्यध्यात्ममन्त्राञ्जपेत्। स्वस्ति सर्वजीवेभ्य इत्युक्त्वाऽऽत्मानमनन्यं ध्यायन् तदूर्ध्वबाहुर्विमुक्त-मार्गो भवेत्। अनिकेतश्चरेत्। भिक्षाशी यत्किञ्चिन्नाद्यात्। लवैकं न धावयेज्जन्तुसंरक्षणार्थं वर्षवर्जमिति। तदपि श्लोका भवन्ति ॥4॥

इस प्रकार संन्यास लेने के बाद फिर से उसे अग्नि का स्वीकार नहीं करना चाहिए। और "मैंने मृत्यु को जीत लिया है"—ऐसा सोचकर अध्यात्ममंत्रों का पाठ ही करते रहना चाहिए। और 'स्वस्ति सर्वजीवेभ्यः' ('सभी जीवों का कल्याण हो') ऐसा कहते हुए लोकमार्ग को छोड़कर हाथ ऊँचे रखकर ही रहना चाहिए। घर या आश्रम बनाए बिना ही अनिकेत होकर भ्रमण करते रहना चाहिए। जैसा-तैसा कुछ खाना नहीं चाहिए। भिक्षा का ही भोजन करना चाहिए। और चातुर्मास में जीवों की रक्षा के लिए ही एक स्थान पर रहना चाहिए पर इसके सिवा तो एक थोड़े से काल में भी एक जगह पर पड़े रहना नहीं चाहिए। इस अभिप्राय को बताने वाले ऐसे श्लोक हैं—

कुण्डिकां चमसं शिक्यं त्रिविष्टपमुपानहौ।
शीतोपघातिनीं कन्थां कौपीनाच्छादनं तथा ॥5॥
पवित्रं स्नानशाटीं च उत्तरासङ्गमेव च।
यज्ञोपवीतं वेदांश्च सर्वं तद्वर्जयेद्यतिः ॥6॥
स्नानं पानं तथा शौचमद्भिः पूताभिराचरेत्।
नदीपुलिनशायी स्याद्देवागारेषु वा स्वपेत् ॥7॥
नात्यर्थं सुखदुःखाभ्यां शरीरमुपतापयेत्।
स्तूयमानो न तुष्येत निन्दितो न शपेत्परान् ॥8॥

संन्यासी को एक कुण्डी और एक चमस जैसा पात्र, एक झोली, तीन दण्डों वाला एक आधार, उपानह, ठंड दूर करने वाली गुदड़ी, लंगोटी, एक ओढ़ने का वस्त्र, पवित्री, एक नहाने का वस्त्र, और उत्तरीय वस्त्र—इतना ही अपने पास रखना चाहिए। इसके सिवा उपवीत, वेद और अन्य सभी साधनों का त्याग कर देना चाहिए। उसी पवित्र जल से ही स्नान करना चाहिए, उसी से ही धोना और उसी का पान करना चाहिए। उसको नदी के तीर पर या देवमंदिर में ही सोना चाहिए। सुखों से उसे शरीर को थपथपाना नहीं चाहिए, एवं दुःखों से तपाना भी नहीं चाहिए। किसी के द्वारा स्तुति करने पर उसे खुश भी नहीं होना चाहिए और किसी की निन्दा से उसे गालियाँ भी नहीं देनी चाहिए।

ब्रह्मचर्येण सन्तिष्ठेदप्रमादेन मस्करी।
दर्शनं स्पर्शनं केलिः कीर्तनं गुह्यभाषणम् ॥9॥
संकल्पोऽध्यवसायश्च क्रियानिर्वृत्तिरेव च।
एतन्मैथुनमष्टाङ्गं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥10॥
विपरीतं ब्रह्मचर्यमनुष्ठेयं मुमुक्षुभिः।
यज्जगद्भासकं भानं नित्यं भाति स्वतः स्फुरत् ॥11॥
स एष जगतः साक्षी सर्वात्मा विमलाकृतिः।
प्रतिष्ठा सर्वभूतानां प्रज्ञानघनलक्षणः ॥12॥

संन्यासी को चाहिए कि वह प्रमाद का त्याग करके ब्रह्मचर्य का पालन करे। 'स्त्रियों का दर्शन, उनका स्पर्श, उनके साथ खेल, उनकी प्रशंसा, उनके साथ बातचीत, उनके साथ संकल्प, मैथुन करने

का विचार और मैथुन—इन आठ प्रकारों से मैथुन होता है'—ऐसा विद्वान् लोग कहते हैं। इसलिए मुमुक्षुओं को इससे उल्टा ब्रह्मचर्य का ही पालन करना चाहिए। जो जगत् का प्रकाशक है, नित्य स्वप्रकाश से प्रकाशित रहता है, और जो आप ही आप स्फुरित होता रहता है, वही जगत् का साक्षी सर्वात्मा है। वह निर्मल—विशुद्ध-आकार-स्वरूप वाला सभी प्राणियों का आश्रयस्थान रूप और प्रज्ञानमय लक्षणवाला है।

न कर्मणा न प्रजया न चान्येनापि केनचित्।
ब्रह्मवेदनमात्रेण ब्रह्माप्नोत्येव मानवः ॥13॥
तद्विद्याविषयं ब्रह्म सत्यज्ञानसुखाद्वयम्।
संसारे च गुहावाच्ये माया‌ज्ञानादिसंज्ञिके ॥14॥
निहितं ब्रह्म यो वेद परमे व्योम्नि संज्ञिते।
सोऽश्नुते सकलान्कामान्क्रमेणैव द्विजोत्तमः ॥15॥
प्रत्यगात्मानमज्ञानमायाशक्तेश्च साक्षिणम्।
एकं ब्रह्माहमस्मीति ब्रह्मैव भवति स्वयम् ॥16॥

मनुष्य कर्म से, प्रजा से या और किसी उपाय से ब्रह्म को प्राप्त नहीं कर सकता। केवल ब्रह्म को जान लेने से (ज्ञान से) ही ब्रह्म को प्राप्त करता है। वह ब्रह्म, विद्या (ज्ञान) का ही विषय है। वह सत्य (ज्ञान) सुख का अद्वैत स्वरूप है। और अज्ञान नाम की जो माया कहलाती है, उसमें भी तथा गुहा-गुफा कहे जाने वाले इस संसार में भी वही ब्रह्म व्याप्त होकर रहता है। जो उत्तम द्विज मनुष्य इस ब्रह्म को परमाकाश के प्रदेश में गुप्त रहा हुआ जान लेता है, वह क्रमशः सकल कामनाओं को प्राप्त कर लेता है। अज्ञानरूप मायाशक्ति का साक्षी प्रत्यगात्मा है। और "वही प्रत्यगात्मा ब्रह्म मैं हूँ"—ऐसा जो अनुभव करता है, वह स्वयं ही ब्रह्म हो जाता है।

ब्रह्मभूतात्मनस्तस्मादेतस्माच्छक्तिमिश्रितात्।
अपञ्चीकृत आकाशः संभूतो रज्जुसर्पवत् ॥17॥
आकाशाद्वायुसंज्ञस्तु स्पर्शोऽपञ्चीकृतः पुनः।
वायोरग्निस्तथा चाग्नेराप अद्भ्यो वसुन्धरा ॥18॥
तानि सर्वाणि सूक्ष्माणि पञ्चीकृत्येश्वरस्तदा।
तेभ्य एव विसृष्टं तद्ब्रह्माण्डादि शिवेन ह ॥19॥
ब्रह्माण्डस्योदरे देवा दानवा यक्षकिन्नराः।
मनुष्याः पशुपक्ष्याद्यास्तत्तत्कर्मानुसारतः ॥20॥

ब्रह्मभूत आत्मा जब अपनी शक्ति से मिश्रित हो गया, तब उसमें से अपंचीकृत आकाश की उत्पत्ति हुई, जैसे रस्सी में भ्रम से साँप की उत्पत्ति होती है। फिर उस अपंचीकृत आकाश में से अपंचीकृत स्पर्श नाम का वायु उत्पन्न हुआ फिर वायु से अग्नि तथा अग्नि से जल तथा जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई। उस समय उन सूक्ष्म भूतों का पंचीकरण करके शिव रूप ईश्वर ने उन्हीं में से ब्रह्माण्ड आदि जगत् की उत्पत्ति की। उस ब्रह्माण्ड के बीच देव, दानव, यक्ष, किन्नर, मनुष्य, और पशु-पक्षी आदि अपने-अपने कर्मों के अनुसार उत्पन्न किए गए।

अस्थिस्नाय्वादिरूपोऽयं शरीरं भाति देहिनाम्।
योऽयमन्नमयो ह्यात्मा भाति सर्वशरीरिणः ॥21॥

ततः प्राणमयो ह्यात्मा विभिन्नश्चान्तरस्थितः ।
ततो मनोमयो ह्यात्मा विभिन्नश्चान्तरस्थितः ॥22॥
ततो विज्ञान आत्मा तु ततोऽन्यश्चान्तरः स्वतः ।
आनन्दमय आत्मा तु ततोऽन्यश्चान्तरस्थितः ॥23॥
योऽयमन्नमयः सोऽयं पूर्णः प्राणमयेन तु ।
मनोमयेन प्राणोऽपि तथा पूर्णः स्वभावतः ॥24॥
तथा मनोमयो ह्यात्मा पूर्णो ज्ञानमयेन तु ।

प्राणियों का यह शरीर हड्डियों स्नायुओं से भरा जो दीख रहा है, वह सभी जीवों का अन्नमय आत्मा प्रकाशित हो रहा है । इसके बाद इसके भीतर प्राणमय आत्मा प्रकाशित हो रहा है । वह अन्नमय से अलग होकर अन्नमय में रहता है । इसके बाद उससे भी भीतर मनोमय आत्मा अलग-सा अवस्थित है । इसके बाद इसके भी भीतर में विज्ञानमय आत्मा प्रकाशित हो रहा है । वह भी इसी शरीर में अलग रहता है । फिर उसके भी भीतर जो आनन्दमय आत्मा है, वह भी उनसे अलग रहकर शरीर के भीतर रहता है । जो यह अन्नमय है, वह तो प्राणमय से पूर्ण है और इसी प्रकार मनोमय से प्राणमय पूर्ण होता है और इसी प्रकार स्वाभाविक रूप से ही मनोमय आत्मा विज्ञानमय से पूर्ण होता है ।

आनन्देन सदा पूर्णः सदा ज्ञानमयः सुखम् ॥25॥
तथानन्दमयश्चापि ब्रह्मणोऽन्येन साक्षिणा ।
सर्वान्तरेण पूर्णश्च ब्रह्म नान्येन केनचित् ॥26॥
यदिदं ब्रह्मपुच्छाख्यं सत्यज्ञानाद्वयात्मकम् ।
सारमेव रसं लब्ध्वा साक्षाद्देही सनातनम् ॥27॥
सुखी भवति सर्वत्र अन्यथा सुखिता कुतः ।
असत्यस्मिन्परानन्दे स्वात्मभूतेऽखिलात्मनाम् ॥28॥
को जीवति नरो जातु को वा नित्यं विचेष्टते ।

यह ज्ञानमय आत्मा आनन्दमय से सुखपूर्वक पूर्ण होता है । और आनन्दमय भी उससे अलग सर्वान्तर्यामी और साक्षी ब्रह्म से पूर्ण है । परन्तु यह ब्रह्म और किसी से पूर्ण नहीं है । जो यह ब्रह्म है, उसी का नाम 'पुच्छ' है । वह सत्य, ज्ञान और अद्वैतरूप है । उस सनातन रस को ही साक्षात् सारतत्व के रूप में प्राप्त करके ही जीव सर्वत्र सुखी होता है । और तो किसी उपाय से सुख कहाँ मिलता है ? सभी जीवों में अपने आत्मारूप वह परमानन्दरूप पदार्थ अगर न होता, तो भला कौन प्राणी जी सकता था ? कौन नित्य चेष्टा कर सकता था ?

तस्मात्सर्वात्मना चित्ते भासमानो ह्यसौ नरः ॥29॥
आनन्दयति दुःखाढ्यं जीवात्मानं सदा जनः ।
यदा ह्येवैष एतस्मिन्नदृश्यत्वादिलक्षणे ॥30॥
निर्भेदं परमाद्वैतं विन्दते च महायतिः ।
तदेवाभयमित्यन्तं कल्याणं परमामृतम् ॥31॥
सद्रूपं परमं ब्रह्म त्रिपरिच्छेदवर्जितम् ।
यदा ह्येवैष एतस्मिन्नल्पमप्यन्तरं नरः ॥32॥
विजानाति तदा तस्य भयं स्यान्नात्र संशयः ।

इसलिए सर्व के आत्मा के रूप में वह पुरुष-ब्रह्म सभी के चित्त में प्रकाशित हो रहा है । और उसी के कारण ही मनुष्य दुःखी जीवात्मा को सदा आनन्द दिलाता है । योगी पुरुष जब इस अदृश्यरूप आत्मा में अभेदरूप परम अद्वैत का अनुभव करता है, तब वही निर्भय, अत्यंत कल्याणकारी, परम अमृत तथा सत्स्वरूप ब्रह्म तीनों प्रकार के परिमाणों से रहित होकर प्रकाशित होता है । इस ब्रह्म के विषय में जो मनुष्य थोड़ा सा भी अन्तर मानता है, उसी समय उसमें भय उत्पन्न होता है (भेद से ही भय होता है) इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है ।

अस्यैवानन्दकोशेन स्तम्बान्ता विष्णुपूर्वकाः ॥33॥
भवन्ति सुखिनो नित्यं तारतम्यक्रमेण तु ।
तत्तत्पदविरक्तस्य श्रोत्रियस्य प्रसादिनः ॥34॥
स्वरूपभूत आनन्दः स्वयं भाति परे यथा ।
निमित्तं किञ्चिदाश्रित्य खलु शब्दः प्रवर्तते ॥35॥
यतो वाचो निवर्तन्ते निमित्तानामभावतः ।
निर्विशेष परानन्दे कथं शब्दः प्रवर्तते ॥36॥
तस्मादेतन्मनः सूक्ष्मं व्यावृत्तं सर्वगोचरम् ।

इसी ब्रह्म के आनन्दनिधि से ही विष्णु से लेकर स्तम्ब (स्थाणु) तक के सभी जीव थोड़े-बहुत क्रम-प्रमाण से सुखी होते हैं । श्रोत्रिय ब्राह्मण उस-उस पद से विरक्त होकर प्रसन्न और निर्मल चित्तवाला जब होता है, तब जैसा परब्रह्म में आनन्द है, वैसा ही स्वरूपभूत आनन्द आप ही आप प्रकाशित हो उठता है । कोई भी शब्द किसी निमित्त का आश्रय करके ही प्रवृत्ति करता है । परन्तु परब्रह्म तो निमित्तों का अभावरूप ही है । इसीलिए तो सभी वाणियाँ उसे पाए बिना ही वापिस लौट आती हैं । (ब्रह्म तक पहुँच नहीं सकतीं ।) निर्विशेष और परमानन्दस्वरूप ब्रह्म में भला वाणी का प्रवर्तन किस तरह से हो सकता है ? इसी कारण सूक्ष्म मन भी सर्वत्र गतिशील होने पर भी उस (निरवयव) ब्रह्म से तो वापिस ही लौट जाता है । वह ब्रह्म को प्राप्त नहीं कर सकता ।

यस्माच्छ्रोत्रत्वगक्ष्यादिखादिकर्मेन्द्रियाणि च ॥37॥
व्यावृत्तानि परं प्राप्तुं न समर्थानि तानि तु ।
तद्ब्रह्मानन्दमद्वन्द्वं निर्गुणं सत्यचिद्घनम् ॥38॥
विदित्वा स्वात्मरूपेण न बिभेति कुतश्चन ।
एवं यस्तु विजानाति स्वगुरोरुपदेशतः ॥39॥
स साध्वसाधुकर्मभ्यां सदा न तपति प्रभुः ।
ताप्यतापकरूपेण विभातमखिलं जगत् ॥40॥
प्रत्यगात्मतया भाति ज्ञानाद्वेदान्तवाक्यजात् ।

उसी प्रकार श्रोत्र, त्वचा, नेत्र आदि ज्ञानेन्द्रियाँ तथा वाक्, पाद आदि कर्मेन्द्रियाँ उस ब्रह्म को न पाकर वापिस लौट जातीं हैं । और वे भी उस परम पदार्थ को प्राप्त करने में समर्थ नहीं होतीं । ऐसे उस आनन्दमय, अद्वैत, निर्गुण, सत्य तथा चैतन्यमय ब्रह्म को अपने ही आत्मा के रूप में जानकर ज्ञानीजन किसी से भी डरता नहीं है । जो पुरुष अपने गुरु के उपदेश द्वारा इस तरह जान लेता है वह प्रभु (समर्थ) बनकर अच्छे या बुरे कर्मों से भी कभी दुःखी नहीं होता । यह सारा जगत् ताप्य और तापक

रूप में अज्ञान दशा में दिखाई देता है। परन्तु वेदान्त के वाक्यों से ज्ञान उत्पन्न हो जाने के बाद वह केवल प्रत्यगात्मा रूप में ही प्रकाशित होता है।

शुद्धमीश्वरचैतन्यं जीवचैतन्यमेव च ॥41॥
प्रमाता च प्रमाणं च प्रमेयं च फलं तथा।
इति सप्तविधं प्रोक्तं भिद्यते व्यवहारतः ॥42॥
मायोपाधिविनिर्मुक्तं शुद्धमित्यभिधीयते।
मायासम्बन्धश्चेशो जीवोऽविद्यावशस्तथा ॥43॥
अन्तःकरणसम्बन्धात्प्रमातेत्यभिधीयते।
तथा तद्वृत्तिसम्बन्धात्प्रमाणमिति कथ्यते ॥44॥
अज्ञातमपि चैतन्यं प्रमेयमिति कथ्यते।
तथा ज्ञातं च चैतन्यं फलमित्यभिधीयते ॥45॥
सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं स्वात्मानं भावयेत्सुधीः।

शुद्धचैतन्य, ईश्वरचैतन्य, जीवचैतन्य, प्रमाता, प्रमाण, प्रमेय और फल—इस प्रकार से व्यावहारिक दृष्टि से सात प्रकार का भेद माना जाता है। परन्तु माया आदि उपाधियों के दूर होते ही केवल एक ही शुद्ध वस्तु कही जाती है। एक ही चैतन्य माया के सम्बन्ध से ईश्वर, अविद्या के वश होने से जीव, अन्तःकरण के सम्बन्ध से प्रमाता, वृत्ति के सम्बन्ध से प्रमाण, अज्ञात चैतन्य प्रमेय और ज्ञान चैतन्य फल कहा जाता है। इसलिए उत्तम बुद्धि वाले मनुष्य को अपने आत्मा को सभी उपाधियों से मुक्त शुद्ध ही जानना चाहिए।

एवं यो वेद तत्त्वेन ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥46॥
सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारं वच्मि यथार्थतः।
स्वयं मृत्वा स्वयं भूत्वा स्वयमेवावशिष्यते ॥47॥

इति कठरुद्रोपनिषत्समाप्ता।

जो मनुष्य इस तरह तत्त्वदर्शन को जानता है, वह ब्रह्मस्वरूप होने में समर्थ होता है। और सर्ववेदान्तसिद्धान्तों का सही सारतत्त्व मैं कह देता हूँ कि वह स्वयं मरकर या जन्म पाकर केवल वही अवशिष्ट—शेष रहता है।

इस प्रकार कठरुद्रोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ---मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(86) भावनोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस उपनिषत् का सम्बन्ध अथर्ववेद से है। इसमें पराम्बा त्रिपुरासुन्दरी के श्रीचक्र के ऊपर बैठकर उसके सर्वशक्तिमय स्वरूप को प्रकट करने का वर्णन किया गया है। सबसे पहले शिव के ईश्वरत्व का निरूपण करके बाद में कहा गया है कि शक्ति का संयोग होने पर ही वे 'शिव' कहे जा सकते हैं। इसके बाद, स्थूल-सूक्ष्म-कारण—इन तीनों शरीरों में श्रीचक्र की भावना करने को कहा गया है। फिर इसके बाद, देव शक्तियों के आवाहन, आसन, पाद्य आदि उपचार पदार्थ की भावना का वर्णन किया गया है। अन्त में भावना का फल बताकर यह बताया गया है कि यदि कोई भी माधक इस प्रकार तीन मुहूर्त तक ऐसी भावना में परायण रहता है, तो वह जीवन्मुक्त हो जाता है। वह ब्रह्मस्वरूप ही हो जाता है। वही साधक 'शिवयोगी' कहलाने लगता है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

हरिः ॐ आत्मानमखिलमण्डलाकारमावृत्यसकलब्रह्माण्डमण्डलं स्वप्रकाशं ध्यायेत्।
श्रीगुरुः सर्वकारणभूता शक्तिः ॥1॥

तांत्रिक आह्निक विधि में प्रातः उठते ही चिद्विमर्श नाम की विधि होती है। इसलिए प्रथम वह करके फिर गुरुस्मरण आदि से शुरू करके श्रीचक्रपूजन के क्रम का अनुसरण करना चाहिए। देहान्तपर्यन्त श्रीचक्र की भावनामय पूजा का प्रकार वर्णित है। सकल ब्रह्माण्ड में व्याप्त हुए अपने आत्मा का, जो कि एक अखण्डमण्डलाकार तेजस्वरूप है उसका ध्यान करना चाहिए। चिद्विमर्श के बाद इस उपासना-पद्धति में गुरु पंक्ति पूजन बताया है कि देहान्तर्गत परमदेव का दर्शक गुरु वह स्वयं है। ज्ञानदाता गुरु के बिना परमात्म-लाभ नहीं होता। चित्त बुद्ध्यादि ज्ञानसाधन शरीरान्तर्वर्ती हैं। अतः देह ही ज्ञानप्राप्ति का कारण हुआ, इसलिए गुरु हुआ।

केन नवरन्ध्ररूपो देहः। नवशक्तिरूपं श्रीचक्रम्। वाराही पितृरूपा। कुरुकुल्ला बलिदेवता माता। पुरुषार्थाः सागराः। देहो नवरत्नद्वीपः। आधारनवकमुद्राः शक्तयः। त्वगादिसप्तधातुभिरनेकैः संयुक्ताः संकल्पाः कल्पतरवः। तेजः कल्पकोद्यानम्। रसनया भाव्यमाना मधुराम्लतिक्तकटुकषायलवणभेदाः षड्रसाः षड्ऋतवः। क्रियाशक्तिः पीठम्। कुण्डलिनी ज्ञानशक्तिर्गृहम्। इच्छाशक्तिर्महात्रिपुरसुन्दरी। ज्ञाता होता ज्ञानमग्निः ज्ञेयं हविः। ज्ञातृज्ञानज्ञेयानामभेदभावनं श्रीचक्र-

पूजनम्। नियतिसहिताः शृङ्गारादयो नव रसा अणिमादयः। कामक्रोधलोभमोहमदमात्सर्यपुण्यपापमया ब्राह्म्याद्यष्टशक्तयः। पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशश्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणवाक्पाणिपादपायूपस्थमनोविकाराः षोडश शक्तयः। वचनादानगमनविसर्गानन्दहानोपेक्षाबुद्धयोऽनङ्गकुसुमादिशक्तयोऽष्टौ। अलम्बुसा कुहूर्विश्वोदरी वरुणा हस्तिजिह्वा यशस्वत्यश्विनी गान्धारी पूषा शङ्खिनी सरस्वतीडा पिङ्गला सुषुम्ना चेति चतुर्दश नाड्यः। सर्वसंक्षोभिण्यादिचतुर्दशारगा देवताः। प्राणापानव्यानोदानसमाननागकूर्मकृकरदेवदत्तधनंजया इति दश वायवः। सर्वसिद्धिप्रदा देव्यो बहिर्दशारगा देवताः। एतद्वायुदशकसंसर्गोपाधिभेदेन रेचकपूरकशोषकदाहकप्लावका अमृतमिति प्राणमुख्यत्वेन पञ्चविधोऽस्ति। क्षारको दारकः क्षोभको मोहको जृम्भक इत्यपालनमुख्यत्वेन पञ्चविधोऽस्ति। तेन मनुष्याणां मोहको दाहको भक्ष्यभोज्यलेह्यचोष्यपेयात्मकं चतुर्विधमन्नं पाचयति। एता दश वह्निकलाः सर्वात्वाद्यन्तर्दशारगा देवताः। शीतोष्णसुखदुःखेच्छासत्त्वरजस्तमोगुणा वशिन्यादिशक्तयोऽष्टौ। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः पञ्चतन्मात्राः पञ्च पुष्पबाणा मनः इक्षुधनुः। वश्यो बाणो रागः पाशः। द्वेषोऽङ्कुशः। अव्यक्तमहत्तत्त्वमहदहंकार इति कामेश्वरीवज्रेश्वरीभगमालिन्योऽन्तस्त्रिकोणाग्रगा देवताः। पञ्चदशतिथिरूपेण कालस्य परिणामावलोकनस्थितिः पञ्चदश नित्या श्रद्धानुरूपाधिदेवता। तयोः कामेश्वरी सदानन्दघना परिपूर्णस्वात्मैक्यरूपा देवता ॥2॥

इसीलिए श्रीचक्र शरीर में सिद्ध होता है। इस देह में दो कान, दो आँखें, दो नासिकाएँ, मुख, उपस्थ और गुदा—ये नव द्वार हैं, वे दिव्यौघ, सिद्धौघ और मानवौघ—नवनाथ छिद्र रूप में स्थित हैं। यह श्रीचक्र भी विमला से लेकर ईशान तक की नव शक्तियों से सम्पन्न है। वाराही शक्ति इसकी पिता और कुरुकुल्ला बलि देवता—श्यामला इसकी माता है। देहाश्रित धर्मादि चार पुरुषार्थ ही चार सागर के रूप में हैं। यह शरीर ही नवरत्न द्वीप है। योनिमुद्रा से लेकर सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा तक की आधारभूत शक्तियाँ भी इस द्वीप की हैं। त्वचा आदि सात धातुओं और बाहरी-भीतरी अनेक विकारों से युक्त तथा तरह-तरह के संकल्प-विकल्प ही इसके कल्पवृक्ष हैं। परमात्मा से भिन्न भाँति-भाँति के रमणीय तैजस स्वरूप का जीव ही बड़ा उद्यान है। जीभ के द्वारा आस्वाद्य मधुर-अम्ल-तिक्त-कटु-कषाय-लवण—छः रस ही छः ऋतुएँ हैं। क्रियाशक्ति ही पीठ है, कुण्डलिनी ज्ञानशक्ति ही गृह है। इच्छाशक्ति ही आराध्य भगवती त्रिपुरासुन्दरी है। ज्ञाता ही होता (हवन करने वाला) और ज्ञान ही अग्नि है और ज्ञातव्य तत्त्व ही होमद्रव्य है। ज्ञाता-ज्ञेय-ज्ञान की अभेद-भावना ही त्रिपुरा का (श्रीचक्र का) पूजन है। नियति (निर्धारण) के साथ शृंगार (करुण-हास्य) आदि नव रस ही अणिमादि सिद्धियों के रूप में हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, पुण्य, पाप—ये सब ब्राह्मी आदि आठ शक्तियाँ हैं। पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, वाक्, हस्त, पाद, गुदा, उपस्थ तथा मन के विकार—ये सोलह शक्तियों के रूप में हैं। वचन, आदान (ग्रहण), गमन, विसर्ग (मलत्याग) और आनन्द, जो कि क्रमशः वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ के विषय हैं, वे तथा उपेक्षाबुद्धि के वैराग्य-प्रेम-उदासीनता—ये तीन भेद, अष्टदल की आठ देवताओं—अनंगकुसुमा, अनंगमेखला, अनंगमदना, अनंगमदनातुरा, अनंगरेखा, अनंगवेगिनी, अनंगमदनांकुशा और अनंगमालिनी के रूप में

हैं। अलम्बुसा, कुहू, विश्वोदरी, वारणा, हस्तिजिह्वा, यशस्वती, अश्विनी, गान्धारी, पूषा, शंखिनी, सरस्वती, इड़ा, पिंगला और सुषुम्णा—ये चौदह नाड़ियाँ चतुर्दशार चक्र की (चौदह त्रिकोणवाले चक्र की) अधिष्ठाता चौदह देवताओं के रूप में हैं। वे चौदह देवताएँ सर्वसंक्षोभिणी, सर्वविद्राविणी, सर्वाकर्षिणी, सर्वाह्लादिनी, सर्वसंमोहिनी, सर्वस्तंभिनी, सर्वजृंभिणी, सर्ववशंकरी, सर्वरंजिनी, सर्वोन्मादिनी, सर्वार्थसाधिनी, सर्वसंपत्तिपूरणी, सर्वमंत्रमयी, सर्वद्वन्द्वक्षयंकरी—ऐसी हैं। प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय—ये जो दश प्राण हैं, वे सर्वसिद्धप्रदा, सर्वसंपत्प्रदा, सर्वप्रियंकरी, सर्वमंगलकारिणी, सर्वकामप्रदा, सर्वदुःखविमोचिनी, सर्वविघ्ननिवारिणी, सर्वांगसुन्दरी तथा सर्वसौभाग्यदायिनी—इस तरह बहिर्दशारचक्र की देवताएँ हैं। इन पूर्वोक्त वायुओं (प्राणों) में से पहले पाँच प्राणादि वायु संसर्ग के कारण से रेचक, पाचक, शोषक, दाहक और प्लावक की तरह से पाँच प्रकार के जठराग्नि होते हैं। और नागादि पाँच जो हैं वे क्षारक, उद्गारक, क्षोभक, जृंभक और मोहक नाम के अग्नि-रस होकर भक्ष्य, भोज्य, चोष्य, लेह्य और पेय—इन पाँच प्रकार के अन्नों को पचाते हैं। इन दश वायुओं से उत्पन्न होती हुई रेचकादि दश जो वह्नि कलाएँ हैं, वे अन्तर्दशारचक्र की सर्वज्ञा, सर्वशक्तिप्रदा, सर्वैश्वर्यप्रदा, सर्वज्ञानमयी, सर्वव्याधिनाशिनी, सर्वाधारा, सर्वपापहरा, सर्वानन्दमयी, सर्वरक्षा तथा सर्वेप्सितफलप्रदा—ये देवताएँ हैं। जाड़ा, गरमी, सुख, दुःख, इच्छा, सत्त्व, रज, तम ही 'वशिनी' आदि आठ शक्तियाँ हैं। शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध—ये पाँच तन्मात्राएँ ही पाँच पुष्पबाण हैं। मन ही ईख का बना धनुष्य है। वशीभूत होना ही बाण है और राग ही पाश है। द्वेष ही अंकुश है। जो अव्यक्त, महत्तत्व और अहंकार हैं, वे ही कामेश्वरी, वज्रेश्वरी और भगमालिनी आदि, आन्तरिक त्रिकोण के अग्रभाग में स्थित देवताएँ हैं। पंद्रह तिथियों के रूप से काल के परिणाम को देखने वाले श्रद्धानुरूप पंद्रह अधिदेवता हैं। वज्रेश्वरी और कामेश्वरी में प्रधान सत्-चित्-आनन्दस्वरूप जो है वह ब्रह्म (आत्मा) की ऐक्यरूपा देवता है।

सलिलमिति सौहित्यकारणं सत्त्वम्। कर्तव्यमकर्तव्यमिति भावनायुक्त उपचारः। अस्ति नास्तीति कर्तव्यता उपचारः। बाह्याभ्यन्तःकरणानां रूपग्रहणयोग्यताऽस्त्वित्यावाहनम्। तस्य बाह्याभ्यन्तःकरणानामेकरूपविषयग्रहणमासनम्। रक्तशुक्लपदैकीकरणं पाद्यम्। उज्ज्वलदामोदानन्दासनदानमर्घ्यम्। स्वच्छं स्वतःसिद्धमित्याचमनीयम्। चिच्चन्द्रमयीति सर्वाङ्गस्नवणं स्नानम्। चिदग्निस्वरूपपरमानन्दशक्तिस्फुरणं वस्त्रम्। प्रत्येकं सप्तविंशतिधा भिन्नत्वेनेच्छाज्ञानक्रियात्मकब्रह्मग्रन्थिमद्भसतन्तुब्रह्मनाडी ब्रह्मसूत्रम्। स्वव्यतिरिक्तवस्तुसङ्गरहितस्मरणं विभूषणम्। स्वच्छस्वपरिपूर्णतास्मरणं गन्धः। समस्तविषयाणां मनसः स्थैर्येणानुसंधानं कुसुमम्। तेषामेव सर्वदा स्वीकरणं धूपः। पवनावच्छिन्नोर्ध्वज्वलनसच्चिदुल्काकाशदेहो दीपः। समस्तयातायातवर्ज्यं नैवेद्यम्। अवस्थात्रयाणामकेकीकरणं ताम्बूलम्। मूलाधारादाब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं ब्रह्मरन्ध्रादामूलाधारपर्यन्तं गतागतरूपेण प्रादक्षिण्यम्। तुर्यावस्था नमस्कारः। देहशून्यप्रमातृतानिमज्जनं बलिहरणम्। सत्यमस्ति कर्तव्यमकर्तव्यमौदासीन्यनित्यात्मविलापनं होमः। स्वयं तत्पादुकानिमज्जनं परिपूर्णध्यानम् ॥3॥

लीलावत्—सहज ही गुरु—मन्त्र और आत्मा का एकीकरण करना ही कर्तव्य है। एकीकरण न करना अकर्तव्य है। भावना रूप ही उपचार है, 'ब्रह्म है या नहीं है'—इसका अनुसन्धान करते रहना ही उपचार

है। बाहर और भीतर के कारणों के रूप को देखने की योग्यता ही आवाहन है। बाहर और भीतर के करणों (इन्द्रियों) का एक साथ मिलकर विषय के ग्रहण की योग्यता होना ही आसन है। रक्त और शुक्ल पद का—तमस् और सत्त्व का एकीकरण करना ही पाद्य है। उज्ज्वल (निर्मल) दामोदानन्द (आनन्दमय ब्रह्म) में सदैव निमग्न रहना तथा ऐसे ही ज्ञान को शिष्य को प्रदान करना ही अर्घ्य है, स्वयं स्वच्छ और स्वत: अपने में रहना ही आचमन है। चिद्रूप चन्द्रमयी शक्ति से सभी अंगों का स्रवण होना ही स्नान है। चिदग्निरूप परमात्मा की शक्ति का स्फुरण होना ही वस्त्र है। इच्छा-ज्ञान-क्रिया, इन तीन शक्तियों के त्रिगुणीकरण से एक के जो सत्ताईस भेद होते हैं, तथा इच्छा-ज्ञान-क्रिया शक्ति रूप ब्रह्मा, विष्णु और रुद्रग्रन्थि के मध्य में स्थित सुषुम्ना नाड़ी ही ब्रह्मसूत्र है। अपने से अलग वस्तु का स्मरण न करना ही आभूषण है। शुभ्रस्वरूप ब्रह्म से भिन्न कुछ भी नहीं—ऐसा स्मरण ही गन्ध है। समस्त विषयों का मन की स्थिरता से अनुसन्धान करना ही पुष्प है। उन्हीं का सदा स्वीकार करना धूप है। पवनयुक्त योग के समय प्राण और अपान की एकता से सुषुम्ना में सत्-चित् की उल्का (चिनगारी) है, वही देहाकाश का दीप है। सभी गमनागमन की क्रियाएँ ही नैवेद्य हैं। जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति (तीनों अवस्थाओं) का एकीकरण करना ही ताम्बूल है। मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र की ओर और ब्रह्मरन्ध्र से मूलाधार तक बार-बार आने-जाने की क्रिया ही प्रदक्षिणा है। तुर्यावस्था ही नमस्कार है। देह से शून्य जो चैतन्यात्मक प्रमातृता है, उसमें डूबना, उसका चिन्तन करते रहना ही बल आहरण है। 'आत्मरूप ही सत्य है'—ऐसा निश्चय करके कर्तव्याकर्तव्य, उदासीनता, नित्यात्मा में विलास (नित्य आत्मचिन्तन करना) ही होम (हवन) है। तथा स्वयं परमात्मा की पादुकाओं में निमग्न हो जाना ही परिपूर्ण ध्यान है।

एवं मुहूर्तत्रयं भावनापरो जीवन्मुक्तो भवति। तस्य देवतात्मैक्यसिद्धिः।
चिन्तितकार्याण्ययत्नेन सिद्ध्यन्ति। स एव शिवयोगीति कथ्यते ॥4॥

इस प्रकार तीन मुहूर्त तक ऐसी भावना करने वाला साधक जीवन्मुक्त हो जाता है। परदेवता (ब्रह्म) के साथ उसके आत्मा की एकता की सिद्धि हो जाती है। उसके मन में सोचे हुए कार्य अनायास (सहजता से) ही सिद्ध हो जाते हैं। वह शिवयोगी कहलाता है।

(कादिमनोक्तेन भावना प्रतिपादिता।
जीवन्मुक्तो भवति य एवं वेद ॥5॥)

इति भावनोपनिषत्समाप्ता।

(इस प्रकार कादिमत से श्रीचक्र की भावना का प्रतिपादन किया गया। जो यह जानता है वह जीवन्मुक्त होता है।)

इस प्रकार भावनोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(87) रुद्रहृदयोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस कृष्णयजुर्वेदीय उपनिषद् में प्रधानतया शिव-विष्णु का अभेद बताया है। उपनिषद् का आरंभ शुकदेव और वेदव्यास के प्रश्नोत्तर से होता है। इस उपनिषद् में सर्वप्रथम "सर्व देवों में श्रेष्ठ देव कौन है ?"—शुकदेव के इस प्रश्न के उत्तर में व्यास जी ने उस देवता का नाम 'रुद्र' बताया है। बाद में शिव-विष्णु का ऐक्य, आत्मा का त्रैविध्य, रुद्र का त्रिमूर्तित्व, रुद्रकीर्तन का माहात्म्य और फल, परा-अपरा विद्या का स्वरूप, अक्षरज्ञान से संसार की विनष्टि, मुमुक्षुओं के लिए प्रणव की उपासना, जीव-ईश्वर का काल्पनिक भेद और शोक, मोह की निवृत्ति के लिए अद्वैतज्ञान की उपादेयता के बारे में भी क्रमानुसार कहा गया है। भेद बुद्धि को मिटाकर अभेद बुद्धि को पुरस्कृत करने के लिए यह उपनिषद् बहुत ही उपादेय है। आज के भ्रान्त, संकुचित मनोदशा वाले लोगों के लिए तो यह अनिवार्यरूप से पठनीय है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

(हृदयं कुण्डली भस्मरुद्राक्षगणदर्शनम्।
तारसारं महावाक्यं पञ्चब्रह्माग्निहोत्रकम्।)
प्रणम्य शिरसा पादौ शुको व्यासमुवाच ह।
को देवः सर्ववेदेषु कस्मिन्देवाश्च सर्वशः ॥1॥

(रुद्रहृदय, योगकुण्डली, भस्मजाबाल, रुद्राक्षजाबाल और गणपति—ये पाँच उपनिषदें प्रणव के मूलतत्त्व का प्रतिपादन करने वाली हैं। ब्रह्मज्ञान सम्बन्धी यज्ञ के ये ही पाँच महामंत्र कहलाते हैं। ये ही श्रुति के महावाक्य कहे गए हैं।) श्री शुकदेवजी ने अपने मस्तक द्वारा व्यासजी के चरणों में नमस्कार करके पूछा कि—हे भगवन्! वेदों में किस देव का उल्लेख किया गया है और सभी वेदों में कौन से एक देव में सभी तरह से निवास करते हैं (अनुस्यूत हैं) ? (और—)

कस्य शुश्रूषणान्नित्यं प्रीता देवा भवन्ति मे।
तस्य तद्वचनं श्रुत्वा प्रत्युवाच पिता शुकम् ॥2॥
सर्वदेवात्मको रुद्रः सर्वे देवाः शिवात्मकाः।
रुद्रस्य दक्षिणे पार्श्वे रविर्ब्रह्मा त्रयोऽग्नयः ॥3॥
वामपार्श्वे उमा देवी विष्णुः सोमोऽपि ते त्रयः।
या उमा सा स्वयं विष्णुर्यो विष्णुः स हि चन्द्रमाः ॥4॥
ये नमस्यन्ति गोविन्दं ते नमस्यन्ति शंकरम्।
येऽर्चयन्ति हरिं भक्त्या तेऽर्चयन्ति वृषध्वजम् ॥5॥

'किस एक देव की सेवा से मुझ पर सभी देव प्रसन्न होंगे' ? शुकदेव के ऐसे वचन सुनकर पिता व्यासजी उनसे ऐसे वचन कहने लगे—सभी देवों के आत्मस्वरूप तो एक रुद्र हैं और अन्य सभी देव शिवात्मक हैं। उस रुद्र के दक्षिण भाग में सूर्य, ब्रह्मा और तीन अग्नि स्थित हैं। उनके वाम पार्श्व में उमा देवी, विष्णु तथा सोम—ये भी तीन हैं। जो उमा हैं, वह स्वयं विष्णु ही हैं जो विष्णु हैं वह चन्द्रमा ही हैं। जो गोविन्द को नमस्कार करते हैं, वे शंकर को ही नमस्कार करते हैं। जो लोग भक्ति से विष्णु की पूजा करते हैं वे वृषभध्वज भगवान् शंकर की ही पूजा करते हैं।

ये द्विषन्ति विरूपाक्षं ते द्विषन्ति जनार्दनम्।
ये रुद्रं नाभिजानन्ति ते न जानन्ति केशवम् ॥6॥
रुद्रात्प्रवर्तते बीजं बीजयोनिर्जनार्दनः।
यो रुद्रः स स्वयं ब्रह्मा यो ब्रह्मा स हुताशनः ॥7॥
ब्रह्मविष्णुमयो रुद्र अग्नीषोमात्मकं जगत्।
पुँल्लिङ्गं सर्वमीशानं स्त्रीलिङ्गं भगवत्युमा ॥8॥
उमारुद्रात्मिकाः सर्वाः प्रजाः स्थावरजङ्गमाः।
व्यक्तं सर्वमुमारूपमव्यक्तं तु महेश्वरम् ॥9॥

जो लोग भगवान् विरूपाक्ष (त्रिनेत्र) शंकर से द्वेष करते हैं, वे जनार्दन विष्णु से ही द्वेष करते हैं। जो लोग रुद्र को नहीं जानते, वे लोग भगवान् केशव को भी नहीं जानते। रुद्र से जगद्बीज प्रवर्तमान होता है तो उस बीज की योनि (उद्भवस्थान) जनार्दन (विष्णु) ही है। और जो रुद्र है, वह स्वयं ब्रह्मा ही है, और जो ब्रह्मा है वही अग्नि है। जो रुद्र है, वह ब्रह्माविष्णुमय ही है और यह जगत् अग्नि और सोमरूप ही है। जो पुंल्लिंग है, वह ईशानरूप है और जो स्त्रीलिंग है वह सब उमात्मक है। इस तरह यह सारी प्रजा उमा और रुद्र के स्वरूप की ही है। यह स्थावरजंगम सब उमामहेश्वरात्मक है। इस सृष्टि में जो कुछ व्यक्त है, वह सब उमा का रूप है और जो कुछ अव्यक्त है, वह महेश्वर का ही स्वरूप है।

उमाशंकरयोगो यः स योगो विष्णुरुच्यते।
यस्तु तस्मै नमस्कारं कुर्याद्भक्तिसमन्वितः ॥10॥
आत्मानं परमात्मानमन्तरात्मानमेव च।
ज्ञात्वा त्रिविधमात्मानं परमात्मानमाश्रयेत् ॥11॥
अन्तरात्मा भवेद् ब्रह्मा परमात्मा महेश्वरः।
सर्वेषामेव भूतानां विष्णुरात्मा सनातनः ॥12॥
अस्य त्रैलोक्यवृक्षस्य भूमौ विटपशाखिनः।
अग्रं मध्यं तथा मूलं विष्णुब्रह्ममहेश्वराः ॥13॥

उमा और शंकर का योग ही विष्णु कहा जाता है। जो मनुष्य इसको भक्तिपूर्वक प्रणाम करता है, वह आत्मा, अन्तरात्मा तथा परमात्मा तीनों का ज्ञान (ऐक्यज्ञान) प्राप्त करके परमात्मा को प्राप्त हो जाता है। अन्तरात्मा ब्रह्मा है और परमात्मा महेश्वर है। और सभी प्राणियों के आत्मा के रूप में सनातन विष्णु हैं। तीनों लोकरूप इस वृक्ष का डालियाँ और तने ही भूमि में हैं। इसके अग्र में, मध्य में और अन्त में क्रमशः विष्णु, ब्रह्मा और महेश्वर अवस्थित हैं।

कार्यं विष्णुः क्रिया ब्रह्मा कारणं तु महेश्वरः।
प्रयोजनार्थं रुद्रेण मूर्तिरेका त्रिधा कृता ॥14॥

धर्मो रुद्रो जगद्विष्णुः सर्वज्ञानं पितामहः।
श्रीरुद्र रुद्र रुद्रेति यस्तं ब्रूयाद्विचक्षणः ॥15॥
कीर्तनात्सर्वदेवस्य सर्वपापैः प्रमुच्यते।
रुद्रो नर उमा नारी तस्मै तस्यै नमो नमः ॥16॥
रुद्रो ब्रह्मा उमा वाणी तस्मै तस्यै नमो नमः।
रुद्रो विष्णुरुमा लक्ष्मीस्तस्मै तस्यै नमो नमः ॥17॥

विष्णु कार्य है, ब्रह्मा क्रिया है और कारण महेश्वर है। सृष्टि के प्रयोजन के लिए ही रुद्र ने अपनी एक मूर्ति को तीन प्रकार की बना दिया। धर्म रुद्र हैं, जगत् विष्णु हैं और पितामह ब्रह्मा सर्वज्ञानरूप हैं। जो विचक्षण मनुष्य उन्हें 'हे रुद्र ! रुद्र ! रुद्र'—इस प्रकार बुलाता है, तो उसके उस सर्वदेवात्मक कीर्तन से वह सभी पापों से मुक्त हो जाता है। रुद्र नर है, उमा नारी है, उन नर-नारी को नमस्कार हो। रुद्र ब्रह्मा है तो उमा वाणी है। उन नर-नारी को नमस्कार है। रुद्र विष्णु है, तो लक्ष्मी उमा है—उन नर-नारी को नमस्कार हो।

रुद्रः सूर्य उमा छाया तस्मै तस्यै नमो नमः।
रुद्रः सोम उमा तारा तस्मै तस्यै नमो नमः ॥18॥
रुद्रो दिवा उमा रात्रिस्तस्मै तस्यै नमो नमः।
रुद्रो यज्ञ उमा वेदिस्तस्मै तस्यै नमो नमः ॥19॥
रुद्रो वह्निरुमा स्वाहा तस्मै तस्यै नमो नमः।
रुद्रो वेद उमा शास्त्रं तस्मै तस्यै नमो नमः ॥20॥
रुद्रो वृक्ष उमा वल्ली तस्मै तस्यै नमो नमः।
रुद्रो गन्ध उमा पुष्पं तस्मै तस्यै नमो नमः ॥21॥
रुद्रोऽर्थ अक्षरः सोमा तस्मै तस्यै नमो नमः।
रुद्रो लिङ्गमुमा पीठं तस्मै तस्यै नमो नमः ॥22॥

रुद्र यदि सूर्य है तो छाया उमा है—उन नर-नारी को नमस्कार हो। रुद्र यदि सोम (चन्द्र) है, तो उमा तारा है—उन नर-नारी को नमस्कार। रुद्र दिवस है तो उमा रात्रि है—उन नर-नारी को नमस्कार। रुद्र यदि यज्ञ है तो उमा उसकी वेदी है—उन नर-नारी को नमस्कार। रुद्र यदि अग्नि है, तो उमा स्वाहा है, उन नर-नारी को नमस्कार। रुद्र यदि वेद है, तो उमा शास्त्र है, उन दोनों युगल को नमस्कार। रुद्र यदि वृक्ष है, तो उमा उसकी वल्ली (लता) है—उन दोनों को नमस्कार। रुद्र यदि गन्ध है तो उमा पुष्प है। दोनों को बार-बार नमस्कार। रुद्र यदि अर्थ है तो उमा उसका शब्द है—दोनों को नमस्कार। रुद्र यदि लिंग है तो उमा उसकी पीठ है—दोनों को प्रणाम हो।

सर्वदेवात्मकं रुद्रं नमस्कुर्यात्पृथक्पृथक्।
एभिर्मंत्रपदैरेव नमस्यामीशपार्वतीम् ॥23॥
यत्र यत्र भवेत्सार्धमिमं मन्त्रमुदरीयेत्।
ब्रह्महा जलमध्ये तु सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥24॥
सर्वाधिष्ठानमद्वन्द्वं परं ब्रह्म सनातनम्।
सच्चिदानन्दरूपं तदवाङ्मनसगोचरम् ॥25॥
तस्मिन्सुविदिते सर्वं विज्ञातं स्यादिदं शुक।
तदात्मकत्वात्सर्वस्य तस्माद्भिन्नं नहि क्वचित् ॥26॥

इस प्रकार तरह-तरह से उस एक ही सर्वदेवात्मक रुद्र को अलग-अलग रूप में नमस्कार करना चाहिए। इन्हीं मन्त्रों के शब्दों से मैं शिव और पार्वती को प्रणाम करता हूँ। जहाँ-कहीं भी मनुष्य बसता हो, वहाँ पर भी यदि इस सार्ध मंत्र को (अर्धाली मंत्र को) जल के बीच खड़ा रहकर जपता रहे, तो वह ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हो जाता है। और अन्य सभी पापों से भी मुक्त हो जाता है। ब्रह्म जो है वह सभी का अधिष्ठान (आधार) है, वह द्वन्द्वों से रहित है, वह सनातन है, सच्चिदानन्दस्वरूप है, वह वाणी और मन से अगोचर (परे) है। उसको यदि अच्छी तरह से अर्थात् पारमार्थिक रूप से जान लिया हो, तो फिर हे शुक ! सब कुछ जान ही लिया गया है, ऐसा समझना चाहिए, क्योंकि यह सब उसका ही स्वरूप है, उससे भिन्न तो कुछ है ही नहीं।

द्वे विद्ये वेदितव्ये हि परा चैवापरा च ते।
तत्रापरा तु विद्येषा ऋग्वेदो यजुरेव च ॥27॥
सामवेदस्तथाथर्ववेदः शिक्षा मुनीश्वर।
कल्पो व्याकरणं चैव निरुक्तं छन्द एव च ॥28॥
ज्योतिषं च यथा नात्मविषया अपि बुद्धयः।
अथैषा परमा विद्या ययात्मा परमाक्षरम् ॥29॥
यत्तदद्रेश्यमग्राह्यमगोत्रं रूपवर्जितम्।
अचक्षुः श्रोत्रमत्यर्थं तदपाणिपदं तथा ॥30॥
नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं च तदव्ययम्।
तद्भूतयोनिं पश्यन्ति धीरा आत्मानमात्मनि ॥31॥

'परा' और 'अपरा'—ऐसी दो विद्याएँ जान लेनी चाहिए। इनमें अपरा विद्या यह है—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद तथा शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष तथा हे मुनीश्वर ! जितने अनात्मविषय हैं, वे सभी बुद्धियाँ अपरा विद्या ही है। और जो परा (परमा) विद्या है, वह तो परम अक्षर रूप यह आत्मा ही है। वह यह आत्मा है जो दिखाई नहीं देता, जिसका ग्रहण नहीं किया जा सकता, जिसका कोई गोत्र (उद्भवस्थान) नहीं होता, जिसका कोई रूप नहीं है, जो श्रोत्रादि रहित है, जो चक्षुरहित है और जो हाथ-पैरों से रहित है, उस नित्य, विभु, सर्वव्यापक, अति सूक्ष्म, अव्यय और सारे जगत् के उत्पत्तिस्थान रूप परमात्मा को धीर पुरुष (महात्मा लोग) अपने ही आत्मा में देखते हैं।

यः सर्वज्ञः सर्वविद्यो यस्य ज्ञानमयं तपः।
तस्मादत्रान्नरूपेण जायते जगदावलिः ॥32॥
सत्यवद्भाति तत्सर्वं रज्जुसर्पवदास्थितम्।
तदेतदक्षरं सत्यं तद्विज्ञाय विमुच्यते ॥33॥
ज्ञानेनैव हि संसारविनाशो नैव कर्मणा।
श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठं स्वगुरुं गच्छेद्यथाविधिः ॥34॥
गुरुस्तस्मै परां विद्यां दद्याद्ब्रह्मात्मबोधिनीम्।
गुहायां निहितं साक्षादक्षरं वेद चेन्नरः ॥35॥
छित्त्वाऽविद्यामहाग्रन्थिं शिवं गच्छेत्सनातनम्।
तदेतदमृतं सत्यं तद्बोद्धव्यं मुमुक्षुभिः ॥36॥

जो सर्वज्ञ है, जो सबका मर्म जानता है, ज्ञानमय ही जिसका तप (पराक्रम) है, उसी से इस जगत् में जड़-चेतनरूप जगत् अन्नरूप में प्रकट होता है। जैसे रस्सी में साँप देखा जाता है, वैसे ही उसमें यह जगत् सत्य की तरह देखा जाता है। पर यह सब अक्षर रूप नित्य आत्मरूप है, ऐसा जानकर मनुष्य मुक्त हो जाता है। इस संसार का नाश ज्ञान से ही हो सकता है, कर्म से कभी नहीं होता। इसलिए ज्ञान को प्राप्त करने के लिए श्रोत्रिय और ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास विधिपूर्वक पहुँच जाना चाहिए। वे गुरु उस मुमुक्षु को ब्रह्म-आत्मा के एकत्व को बताने वाली परा विद्या बताएँगे। इस प्रकार उस गुफा में निहित—परमसूक्ष्म—अक्षरतत्त्व को मनुष्य यदि जान लेता है, तब तो मनुष्य अविद्या की बड़ी ग्रन्थि (उलझन) को काटकर सनातन शिवतत्त्व को प्राप्त कर लेता है। वह जो शाश्वत सत्य है उसी को मुमुक्षु लोगों को जान लेना चाहिए।

धनुस्तारं शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते।
अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत्तन्मयो भवेत् ॥37॥
लक्ष्यं सर्वगतं चैव शरः सर्वगतो मुखः।
वेद्धा सर्वगतश्चैव शिवलक्ष्यं न संशयः ॥38॥
न तत्र चन्द्रार्कवपुः प्रकाशते न वान्ति वाताः सकला देवताश्च।
स एष देवः कृतभावभूतः स्वयं विशुद्धो विरजः प्रकाशते ॥39॥
द्वौ सुपर्णौ शरीरेऽस्मिञ्जीवेशाख्यौ सह स्थितौ।
तयोर्जीवः फलं भुङ्क्ते कर्मणो न महेश्वरः ॥40॥

तार (प्रणव) ही धनुष है, आत्मा बाण है, ब्रह्म लक्ष्य है, ऐसा समझकर अप्रमत्त होकर, साधक स्वयं बाणरूप होकर लक्ष्य-ब्रह्म का वेध कर दे। यहाँ पर लक्ष्य भी सर्वव्यापक है, बाण भी सर्वव्यापक है (सर्वतोमुखी है), बींधने वाला भी तो सर्वव्यापक ही है, और लक्ष्य शिव है इसमें कोई सन्देह नहीं है। उस परमात्मा के धाम में सूर्य या चन्द्र का रूप कहीं नही है, वहाँ वायु बहते नही हैं, वहाँ सकल देव भी नहीं होते। वहाँ भावना से किए हुए एक ही देव हैं, जो स्वयं विशुद्ध (निर्मल), और निष्कलंक होकर प्रकाशित हो रहा है। इस शरीर में जीव और ईश्वररूपी दो सुनहरे पक्षी एक ही साथ में रहते हैं। उन दोनों में जीव कर्मों का फल खाता है, और ईश्वर नहीं खाता।

केवलं साक्षिरूपेण विना भोगं महेश्वरः।
प्रकाशते स्वयं भेदः कल्पितो मायया तयोः ॥41॥
घटाकाशमठाकाशौ यथाकाशप्रभेदतः।
कल्पितौ परमौ जीवशिवरूपेण कल्पितौ ॥42॥
तत्त्वतश्च शिवः साक्षाच्चिज्जीवश्च स्वतः सदा।
चिच्चिदाकारतो भिन्ना न भिन्ना चित्त्वहानितः ॥43॥
चितश्चिन्न चिदाकाराद्विद्यते जडरूपतः।
भिद्यते चेज्जडो भेदश्चिदेका सर्वदा खलु ॥44॥
तर्कतश्च प्रमाणाच्च चिदेकत्वव्यवस्थितेः।
चिदेकत्वपरिज्ञाने न शोचति न मुह्यति ॥45॥

महेश्वर तो फल खाए बिना केवल साक्षीभाव से ही रहते हैं। वह तो स्वयं प्रकाशित रहते हैं, उनके बीच यह भेद तो माया के द्वारा कल्पित ही है। एक ही अखण्ड आकाश के जिस तरह घटाकाश,

मठाकाश आदि कल्पित भेद किए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार से उस परम तत्त्व को जीव और शिव ऐसे भेद (परम के ही भेद) कल्पित होते हैं। पारमार्थिक रूप से तो जो साक्षात् शिव है, वही चिद्रूप, सद्रूप साक्षात् जीव है। उपाधि से ही चिद् भिन्न हो सकता है, स्वरूप से भिन्न नहीं हो सकता। यदि स्वरूप से भी भिन्न हो, तब तो दोनों चित्तत्त्वों का (जीव और ईश्वर का) नाश ही हो जाएगा। चित् से चित् की भिन्नता स्वरूपाकार से तो हो ही नहीं सकती परन्तु वह तो केवल जड़ उपाधि के द्वारा ही की गई है (उपाधि जड है)। यदि भेद दृष्टि को सही मान लिया जाए, तो वह तो जड़ ही है। केवल एकमात्र चित् ही तो नित्य (स्थायी, शाश्वत) है। जब वास्तदिक तत्त्व के रूप से और तर्कों (युक्तियों) के बल से चित् शक्ति की एकमात्रता सिद्ध हो ही चुकी है, तब मनुष्य चित्शक्ति के एकत्व के विषय में भ्रान्त-मोहित नहीं होता और उसके लिए शोक भी नहीं करता।

अद्वैतं परमानन्दं शिवं याति तु केवलम् ॥46॥
अधिष्ठानं समस्तस्य जगतः सत्यचिद्घनम्।
अहमस्मीति निश्चित्य वीतशोको भवेन्मुनिः ॥47॥
स्वशरीरे स्वयं ज्योतिःस्वरूपं सर्वसाक्षिणम्।
क्षीणदोषाः प्रपश्यन्ति नेतरे माययावृत्ताः ॥48॥
एवं रूपपरिज्ञानं यस्यास्ति परयोगिनः।
कुत्रचिद्गमनं नास्ति तस्य पूर्णस्वरूपिणः ॥49॥
आकाशमेकं सम्पूर्णं कुत्रचिन्नैव गच्छति।
तद्वत्स्वात्मपरिज्ञानी कुत्रचिन्नैव गच्छति ॥50॥

ऐसा मनुष्य अद्वैत परमानन्द शिवतत्त्व को केवलतत्त्व को प्राप्त करता है। इस समस्त जगत् के अधिष्ठान के रूप में वह सत्-चित्-घन तत्त्व ही है। वह तत्त्व मैं स्वयं ही हूँ, ऐसा मानकर मुनि-संन्यासी शोकरहित हो जाता है। अपने ही शरीर में स्वयं ज्योति:स्वरूप और सर्व के साक्षीरूप उस तत्त्व को, जिनके दोष क्षीण हो गए हैं वे ही देख सकते हैं, अन्य लोग जो कि माया के आवरण में हैं, वे उसे नहीं देख सकते। इस प्रकार का स्वरूपज्ञान जिस परमयोगी को हो चुका है, उसको कहीं भी आना-जाना नहीं होता, क्योंकि वह स्वयं ही पूर्णरूप हो गया होता है। आकाश एक, अखण्ड, सम्पूर्ण है वह कहीं आता-जाता नहीं है, उसी प्रकार आत्मज्ञानी भी कहीं आता-जाता नहीं है।

स यो ह वै तत्परमं ब्रह्म यो वेद वै मुनिः।
ब्रह्मैव भवति स्वस्थः सच्चिदानन्दमातृकः ॥51॥ इत्यपुनिषत्।

इति रुद्रहृदयोपनिषत्समाप्ता।

जो मुनि इस परब्रह्म को जानता है, वह मुनि ब्रह्म ही हो जाता है। अपने आत्मा में ही वह स्थित रहता है। और वह स्वयं सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म ही हो जाता है, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

इस प्रकार रुद्रहृदयोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ---मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(88) योगकुण्डलिन्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् कृष्णयजुर्वेदीय है। यह योगपरक उपनिषत् है। इसमें कुल तीन अध्याय हैं। प्रथम अध्याय में प्राणायाम सिद्धि के तीन उपाय—मिताहार, आसन और शक्तिशालिनी मुद्रा—बताए हैं। इसके अतिरिक्त भी प्राणायाम के भेद, तीन बन्ध, योगाभ्यास में आने वाले विघ्न, उनसे रक्षण, कुण्डलिनी का जागरण, ग्रन्थिभेदन, कुण्डलिनी का सहस्रार में प्रवेश, प्राणादि का विलीनीकरण, समाधि योग आदि का विशद वर्णन है। दूसरे अध्याय में खेचरी मुद्रा का स्वरूप, फल और सिद्धि आदि बताया गया है। तीसरे अध्याय में खेचरी सिद्धि का मंत्र तथा साधक की दृष्टि का उदाहरणसहित निरूपण है। फिर प्राणायामाभ्यास से विराट् रूप की सिद्धि, सद्गुरु के उपदेश का महत्त्व, ब्रह्म के अधिष्ठान, परब्रह्म का स्वरूप, उसकी प्राप्ति का उपाय, जीवन्मुक्ति आदि अनेक विषय इस उपनिषत् में सम्मिलित हैं।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ---मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोऽध्यायः

हेतुद्वयं हि चित्तस्य वासना च समीरणः।
तयोर्विनष्ट एकस्मिंस्तद्द्वावपि विनश्यतः ॥1॥
तयोरादौ समीरस्य जयं कुर्यान्नरः सदा।
मिताहारश्चासनं च शक्तिचालस्तृतीयकः ॥2॥
एतेषां लक्षणं वक्ष्ये शृणु गौतम सादरम्।
सुस्निग्धमधुराहारश्चतुर्थांशविवर्जितः ॥3॥
भुज्यते शिवसम्प्रीत्यै ितिताहारः स उच्यते।
आसनं द्विविधं प्रोक्तं पद्मं वज्रासनं तथा ॥4॥

चित्त की चंचलता के दो कारण हैं—एक है संस्कार और दूसरा है प्राण। उनमें से किसी एक का विनाश हो जाने पर दोनों का नाश हो जाता है। मनुष्य को चाहिए कि वह उन दोनों में से पहले प्राण पर विजय कर ले। प्राण पर विजय पाने के लिए तीन मार्ग हैं—मिताहार, आसन और तीसरा शक्तिचाल (शक्तिचालिनी मुद्रा)। हे गौतम! मैं तीनों का लक्षण कह रहा हूँ। तुम आदरपूर्वक सुनो। जो कुछ भी शिव की प्रीति के लिए खाया जाता है, वह 'मिताहार' कहलाता है और आसन दो प्रकार का होता है—एक है पद्मासन और दूसरा है वज्रासन।

ऊर्वोरुपरि चेद्धत्ते उभे पादतले यथा ।
पद्मासनं भवेदेतत्सर्वपापप्रणाशनम् ॥5॥
वामाङ्घ्रिमूलकन्दाधो ह्यन्यं तदुपरि क्षिपेत् ।
समग्रीवशिरःकायो वज्रासनमितीरितम् ॥6॥
कुण्डल्येव भवेच्छक्तिस्तां तु संचालयेद्बुधः ।
स्वस्थानादाभ्रुवोर्मध्यं शक्तिचालनमुच्यते ॥7॥
तत्साधने द्वयं मुख्यं सरस्वत्यास्तु चालनम् ।
प्राणरोधमथाभ्यासादृज्वी कुण्डलिनी भवेत् ॥8॥

दोनों उरुओं के ऊपर यदि दोनों (उल्टे-सीधे) पादतल रखे जाएँ, तब सर्व पापों का नाश करने वाला पद्मासन बनता है। गर्दन, मस्तक और शरीर को एक ही सीध में रखकर बाँयें पैर की एड़ी को सीवनी के स्थान में और दायें पैर की एड़ी उसके ऊपर लगाकर उसके ऊपर बैठने से वज्रासन होता है। मुख्यशक्ति कुण्डलिनी ही कही गई है। चालनक्रिया के द्वारा बुद्धिमान इसे नीचे से ऊपर भ्रूकुटियों के मध्य तक ले आता है उसे 'शक्तिचालन' कहा जाता है (वही शक्तिचालिनी मुद्रा है।) कुण्डलिनी जगाने (चलाने) के मुख्यतया दो उपाय (दो साधन) कहे गए हैं—एक है सरस्वतीचालन और दूसरा है अभ्यास के द्वारा प्राण का निरोध करना। इस प्रकार से लिपटी हुई कुण्डलिनी सीधी हो जाती है।

तयोरादौ सरस्वत्याश्चालनं कथयामि ते ।
अरुन्धत्येव कथिता पुराविद्भिः सरस्वती ॥9॥
यस्याः संचालनेनैव स्वयं चलति कुण्डली ।
इडायां वहति प्राणे बद्ध्वा पद्मासनं दृढम् ॥10॥
द्वादशाङ्गुलदैर्घ्यं च अम्बरं चतुरङ्गुलम् ।
विस्तीर्य तेन तन्नाडीं वेष्टयित्वा ततः सुधीः ॥11॥
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु हस्ताभ्यां धारयेद्दृढम् ।
स्वशक्त्या चालयेद्वामे दक्षिणेन पुनः पुनः ॥12॥

उन दोनों में से पहले मैं तुम्हें 'सरस्वतीचालन' के बारे में बताता हूँ। प्राचीन काल के विद्वानों ने उसको अरुंधती का नाम भी दिया है। इसके संचालन से कुण्डलिनी स्वयं ही चलने लगती है जब कि इड़ा नाडी चल रही हो और उस समय पद्मासन लगाकर उस सरस्वती का अच्छी तरह से संचालन किया जाए। फिर उस नाड़ी को बारह अंगुल लम्बे और चार अंगुल चौड़े वस्त्र के टुकड़े से लपेटना चाहिए। ऐसा करने के बाद नासा के दोनों छिद्रों को अँगूठे और तर्जनी के द्वारा दृढ़ता से (जोर से) पकड़कर अपनी इच्छाशक्ति से पहले बाँये और फिर दाहिने नासिकाछिद्र से चार-चार बार रेचक और पूरक करनी चाहिए।

मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयाच्चालयेत्सुधीः ।
ऊर्ध्वमाकर्षयेत्किञ्चित्सुषुम्नां कुण्डलीगताम् ॥13॥
तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नाया मुखं व्रजेत् ।
जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः ॥14॥
तुन्दे तु ताणं कुर्याच्च कण्ठसङ्कोचने कृते ।
सरस्वत्याश्चालनेन वक्षसश्चोर्ध्वगो मरुत् ॥15॥

सूर्येण रेचयेद्वायुं सरस्वत्यास्तु चालने ।
कण्ठसङ्कोचनं कृत्वा वक्षसश्चोर्ध्वगो मरुत् ॥16॥

इस तरह निर्मल होकर दो मुहूर्तों तक (करीब सवा चार घण्टों तक) इसको चलाते रखना चाहिए और साथ ही कुण्डलिनी में स्थित सुषुम्ना नाड़ी को भी थोड़ा सा ऊपर खींचना चाहिए। इससे सरस्वतीचालन की क्रिया से कुण्डलिनी सुषुम्ना नाड़ी के मुख में प्रवेश करके ऊपर उठने वाली हो जाती है। इसी के साथ ही साथ प्राण भी अपना स्थान छोड़कर सुषुम्ना में प्रवाहित होने लगता है। कण्ठ के संकोचन करने के साथ पेट को ऊपर की ओर खींचकर रखने से इस सरस्वतीचालन के द्वारा वायु ऊर्ध्वगामी होकर छाती के स्थान से भी ऊपर चला जाता है। सरस्वतीचालन करते समय सूर्यनाड़ी (दक्षिण स्वर) के द्वारा रेचक करते हुए कण्ठ का संकोच करने से नीचे रहा हुआ वायु छाती के ऊपर के भाग की ओर चला जाता है।

तस्मात्संचालयेन्नित्यं शब्दगर्भां सरस्वतीम् ।
यस्याः संचालनेनैव योगी रोगैः प्रमुच्यते ॥17॥
गुल्मं जलोदरः प्लीहा ये चान्ये तुन्दमध्यगाः ।
सर्वे तु शक्तिचालेन रोगा नश्यन्ति निश्चयम् ॥18॥
प्राणरोधमथेदानीं प्रवक्ष्यामि समासतः ।
प्राणश्च देहगो वायुरायामः कुम्भकः स्मृतः ॥19॥
स एव द्विविधः प्रोक्तः सहितः केवलस्तथा ।
यावत्केवलसिद्धिः स्यात्तावत्सहितमभ्यसेत् ॥20॥

इसलिए शब्दमयी सरस्वती का चालन सदैव करते रहना चाहिए। इसके संचालन करने से योगी रोगों से मुक्त हो जाता है। इस सरस्वतीचालन से गुल्म, जलोदर, प्लीहा और पेट के अन्य जो रोग हैं, वे नष्ट हो ही जाते हैं। अब दूसरे प्राणरोध की बात संक्षेप में कहता हूँ—देह में स्थित वायु को प्राण कहा जाता है। उस वायु का जब आयाम (स्थिरीकरण) किया जाता है, तब उसे कुंभक कहा जाता है। उस कुंभक के दो प्रकार हैं—एक 'सहित' और दूसरा है 'केवल'। जहाँ तक उनमें से 'केवल' की सिद्धि हो जाए वहाँ तक 'सहित' का अभ्यास करते रहना चाहिए।

सूर्योज्जायी शीतली च भस्त्री चैव चतुर्थिका ।
भेदैरेव समं कुम्भो यः स्यात्सहितकुम्भकः ॥21॥
पवित्रे निर्जने देशे शर्करादिविवर्जिते ।
धनुः प्रमाणपर्यन्ते शीताग्निजलवर्जिते ॥22॥
पवित्रे नात्युच्चनीचे ह्रासने सुखदे सुखे ।
बद्धपद्मासनं कृत्वा सरस्वत्यास्तु चालनम् ॥23॥
दक्षनाड्या समाकृष्य बहिष्ठं पवनं शनैः ।
यथेष्टं पूरयेद्वायुं रेचयेदिडया ततः ॥24॥

सूर्यभेदन, उज्जायी, शीतली और भस्त्रिका—इन चार भेदों के साथ जो कुंभक किया जाता है, उसे 'सहितकुंभक' कहा जाता है। पवित्र, निर्जन, कंकारादि से रहित एक धनुष जितने नाप वाले किसी घास-फूस ठंड-गर्मी-पानी से रहित प्रदेश में जो बहुत ऊँचा भी न हो और बहुत नीचा भी न हो ऐसे सुखकारी सुखासन पर पद्मासन लगाकर सरस्वती का चालन करना चाहिए। श्वास के द्वारा धीरे-धीरे

दाहिनी नासिका से बाहर के वायु को भीतर खींचकर भीतर पूरक करना चाहिए और फिर इडा नाड़ी के द्वारा उसे बाहर निकालना चाहिए।

कपालशोधने वापि रेचयेत्पवनं शनैः।
चतुष्कं वातदोषं तु कृमिदोषं निहन्ति च ॥25॥
पुनः पुनरिदं कार्यं सूर्यभेदमुदाहृतम्।
मुखं संयम्य नाडीभ्यामाकृष्य पवनं शनैः ॥26॥
यथा लगति कण्ठात्तु हृदयावधि सस्वनम्।
पूर्ववत्कुम्भयेत्प्राणं रेचयेदिडया ततः ॥27॥
शीर्षोदितानलहरं गलश्लेष्महरं परम्।
सर्वरोगहरं पुण्यं देहानलविवर्धनम् ॥28॥
नाडीजलोदरं धातुगतदोषविनाशनम्।
गच्छतस्तिष्ठतः कार्यमुज्जाय्याख्यं तु कुम्भकम् ॥29॥

कपालशोधन क्रिया में भी धीरे-धीरे वायु का रेचन करना चाहिए। इस प्रकार करने से चारों तरह के वायुदोष और कृमिदोष दूर हो जाते हैं। इस प्रकार की क्रिया, जो बार-बार की जाती है, उसका नाम ही 'सूर्यभेदन' है। अब मुख को बन्द करके दोनों नासाछिद्रों से वायु को धीरे-धीरे इस प्रकार खींचना चाहिए कि उसके प्रवेश के साथ आवाज निकलती रहे। इस प्रकार हृदय और कण्ठ तक वायु को पहले भरना चाहिए। फिर बाद में पहले की तरह कुंभक करके बाँयें नासिकाछिद्र से रेचन करना चाहिए। इस तरह करने से शिर की गर्मी, गले का कफ आदि दूर हो जाते हैं, जठराग्नि तेज होती है, नाड़ी, जलोदर और धातुरोग भी नष्ट हो जाते हैं, इस कुंभक को उज्जायी कहते हैं। यह 'उज्जायी कुंभक' बैठते-उठते, चलते-फिरते कभी भी किया जा सकता है।

जिह्वया वायुमाकृष्य पूर्ववत्कुम्भकादनु।
शनैस्तु घ्राणरन्ध्राभ्यां रेचयेदनिलं सुधीः ॥30॥
गुल्मप्लीहादिकान्दोषान्क्षयं पित्तं ज्वरं तृषाम्।
विषाणि शीतली नाम कुम्भकोऽयं निहन्ति च ॥31॥

(सूर्यभेदन और उज्जायी का वर्णन करके अब तीसरे शीतली प्राणायाम की बात कहते हैं कि—) शीतली प्राणायाम में जीभ के द्वारा वायु को खींचकर पहले की तरह ही कुंभक करके नासिका से वायु को धीरे-धीरे निकालना चाहिए। इसके करने से प्लीहा, गुल्म, पित्त, ज्वर, तृषा आदि रोगों की शान्ति होती है।

ततः पद्मासनं बद्ध्वा समग्रीवोदरः सुधीः।
मुखं संयम्य यत्नेन प्राणं घ्राणेन रेचयेत् ॥32॥
यथा लगति कण्ठात्तु कपाले सस्वनं ततः।
वेगेन पूरयेत् किञ्चिद्धृत्पद्मावधि मारुतम् ॥33॥
पुनर्विरेचयेत्तद्वत्पूरयेच्च पुनः पुनः।
यथैव लोहकाराणां भस्त्रा वेगेन चाल्यते ॥34॥
तथैव स्वशरीरस्थं चालयेत्पवनं शनैः।
यथा श्रमो भवेद्देहे तथा सूर्येण पूरयेत् ॥35॥

(अब भस्त्रिका प्राणायाम की बात कही जा रही है—) भस्त्रिका प्राणायाम के लिए पद्मासन लगाकर, शरीर को गर्दनसहित सीधा रखकर, सबसे पहले मुँह बन्द करके नासिका के द्वारा वायु को बाहर निकालना चाहिए। फिर उसी तरह तीव्रता से वायु को भीतर खींचना चाहिए। खींचते समय वायु का स्पर्श, कण्ठ-तालु-सिर और हृदय को मालूम पड़ना चाहिए। फिर उसका रेचन करके फिर से पूरक करना चाहिए। इस तरह बार-बार वेगपूर्वक लोहार की धौंकनी की तरह वायु को खींचते-निकालते रहना चाहिए। इस प्रकार शरीर में रहे हुए वायु को सावधानी के साथ चलाते रहना चाहिए। जब थकान लगे, तब दाहिने स्वर से (सूर्य से) वायु को भीतर खींचना (पूरक करना) चाहिए। और पूरक के बाद—

यथोदरं भवेत्पूर्णं पवनेन तथा लघु।
धारयन्नासिकामध्यं तर्जनीभ्यां विना दृढम् ॥36॥
कुम्भकं पूर्ववत्कृत्वा रेचयेदिडयानिलम्।
कण्ठोत्थितानलहरं शरीराग्निविवर्धनम् ॥37॥
कुण्डलीबोधकं पुण्यं पापघ्नं शुभदं सुखम्।
ब्रह्मनाडीमुखान्तस्थकफाद्यर्गलनाशनम् ॥38॥
गुणत्रयसमुद्भूतग्रन्थित्रयविभेदकम्।
विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुम्भकं त्विदम् ॥39॥

—फिर तर्जनी को छोड़कर अन्य अँगुलियों से नाक को कसकर पकड़कर वायु का कुंभक करना चाहिए और फिर बाँयीं नासा के छिद्र से (इडा से) उसे बाहर निकाल देना चाहिए। इस प्रकार के अभ्यास से गले का दाह मिट जाता है, और जठराग्नि तेज हो जाती है। यह (भस्त्रिका) प्राणायाम कुण्डलिनी को जगाने वाला है। यह सुखद, पुण्यशाली और पापनाशक है। सुषुम्ना नाड़ी के मुखपर जो बाधक कफ आदि होते हैं, वे सभी इसके अभ्यास से नष्ट हो जाते हैं। तीन गुणों से उत्पन्न हुई ग्रन्थियों को वह भिन्न (नष्ट) कर देता है। इसलिए इस भस्त्रिका प्राणायाम का विशेष अभ्यास करना चाहिए।

चतुर्णामपि भेदानां कुम्भके समुपस्थिते।
बन्धत्रयमिदं कार्यं योगिभिर्वीतकल्मषैः ॥40॥
प्रथमो मूलबन्धस्तु द्वितीयोड्डीयणाभिधः।
जालन्धरस्तृतीयस्तु तेषां लक्षणमुच्यते ॥41॥
अधोगतिमपानं वै ऊर्ध्वगं कुरुते बलात्।
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्धोऽयमुच्यते ॥42॥

इन चारों भेदों वाले कुम्भक को करते समय निष्पाप योगियों को मूलबन्ध आदि तीन बन्ध भी करने चाहिए। इन तीन बन्धों में प्रथम बन्ध 'मूलबन्ध' है, दूसरा बन्ध, 'उड्डीयाणबन्ध' है और तीसरा 'जालन्धरबन्ध' है। अब उन बन्धों का लक्षण कहा जा रहा है—जिस बन्ध में नीचे की गति वाले अपानवायु को बलपूर्वक ऊपर खींचा जाता है, गुदा को संकोच करके की जाने वाली उस क्रिया को 'मूलबन्ध' कहा जाता है।

अपाने चोर्ध्वगे याते संप्राप्ते वह्निमण्डले।
ततोऽनलशिखा दीर्घा वर्धते वायुना हता ॥43॥

ततो यातौ वह्न्यपानौ प्राणमुष्णस्वरूपकम् ।
तेनात्यन्तप्रदीप्तेन ज्वलनो देहजस्तथा ॥44॥
तेन कुण्डलिनी सुप्ता संतप्ता सम्प्रबुध्यते ।
दण्डाहतभुजङ्गीव निःश्वस्य ऋजुतां व्रजेत् ॥45॥

अपानवायु ऊँचे जाकर जब वह्निमण्डल के साथ योग करता है, तब उस वायु से आहत होकर (टकराकर) वह अग्नि बहुत ही तेज बन जाती है। बाद में उष्णस्वरूप वाले प्राण में अग्नि और अपान के मिल जाने पर उसके प्रभाव से देह से उत्पन्न हुए सब विकार जल जाते हैं। बाद में अग्नि के ताप से सोती हुई कुण्डलिनी जाग जाती है और फटकारी हुई नागिन की भाँति फुत्कार करती हुई सीधी हो जाती है।

बिलप्रवेशतो यत्र ब्रह्मनाड्यन्तरं व्रजेत् ।
तस्मान्नित्यं मूलबन्धः कर्तव्यो योगिभिः सदा ॥46॥

उस समय वह अग्नियुक्त (तपी हुई) कुण्डलिनी जैसे गुहा में प्रवेश करती हो, इस तरह सुषुम्ना नाड़ी के भीतर प्रवेश कर जाती है। इसलिए इस मूलबन्ध का अभ्यास योगियों को सदैव करते रहना चाहिए।

कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियाणकः ।
बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ॥47॥
तस्मादुड्डीयणाख्योऽयं योगिभिः समुदाहृतः ।
सति वज्रासने पादौ कराभ्यां धारयेद्दृढम् ॥48॥
गुल्फदेशसमीपे च कन्दं तत्र प्रपीडयेत् ।
पश्चिमं ताणमुदरे धारयेद्धृदये गले ॥49॥
शनैः शनैर्यदा प्राणस्तुन्दसन्धिं निगच्छन्ति ।
तुन्ददोषं विनिर्धूय कर्तव्यं सततं शनैः ॥50॥

जब कुंभक करके रेचक किया जाता है, उसके पहले उड्डीयाणबन्ध किया जाता है। इसके करने से यह प्राण सुषुम्ना नाड़ी के भीतर ऊपर चढ़ता जाता है। इसलिए योगी लोग इसे 'उड्डीयाणबन्ध' कहते हैं। इसके लिए वज्रासन में बैठकर पैरों पर दोनों हाथों को बलपूर्वक लगाना चाहिए। जहाँ टखना रखा जाता है, उसके नजदीक कन्द को दबाना चाहिए और पेट को ऊपर की ओर खींचते हुए, गले और हृदय को भी तनाव देते हुए खींचना चाहिए। इस प्रकार प्राण धीरे-धीरे पेट की सन्धियों में प्रविष्ट हो जाता है। इससे पेट के सभी विकार दूर हो जाते हैं। इसलिए इस उड्डीयाणबन्ध की क्रिया को भी सतत करते रहना चाहिए।

पूरकान्ते तु कर्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः ।
कण्ठसङ्कोचरूपोऽसौ वायुमार्गनिरोधकः ॥51॥
अधस्तात्कुञ्चनेनाशु कण्ठसङ्कोचने कृते ।
मध्ये पश्चिमताणेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः ॥52॥
पूर्वोक्तेन क्रमेणैव सम्यगासनमास्थितः ।
चालनं तु सरस्वत्याः कृत्वा प्राणं निरोधयेत् ॥53॥

पूरक के अन्त में वायु को रोकने के लिए गुदा का संकोच करके कण्ठ का संकोच किया जाता है, तब 'जालन्धर' नाम का बन्ध होता है। मूलबन्ध के द्वारा नीचे के गुदा भाग का संकोचन करके कण्ठसंकोचन करना चाहिए, अर्थात् जालन्धरबन्ध करना चाहिए। फिर बीच के भाग में (पेट में) उड्डियाणबन्ध के द्वारा प्राणवायु को खींचना चाहिए। इसी प्रकार से प्राण को सब तरफ से रोकने से वह सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश करके ऊर्ध्वगामी होता है। पूर्वोक्त विधि के अनुसार अच्छी तरह से आसन पर बैठकर 'सरस्वतीचालन' के द्वारा भी प्राणों का निरोध करना चाहिए।

प्रथमे दिवसे कार्यं कुम्भकानां चतुष्टयम् ।
प्रत्येकं दशसंख्याकं द्वितीये पञ्चभिस्तथा ॥54॥
विंशत्यलं तृतीयेऽह्नि पञ्चवृद्ध्या दिनेदिने ।
कर्तव्यः कुम्भको नित्यं बन्धत्रयसमन्वितः ॥55॥
दिवा सुप्तिर्निशायां तु जागरादतिमैथुनात् ।
बहुसङ्क्रमणं नित्यं रोधान्मूत्रपुरीषयोः ॥56॥
विषमासनदोषाच्च प्रयासप्राणचिन्तनात् ।
शीघ्रमुत्पद्यते रोगः स्तम्भयेद्यदि संयमी ॥57॥

चारों प्रकार के कुंभक को पहले दिन चार-चार बार किया जाता है। और दूसरे दिन कुंभक को पंद्रह-पंद्रह बार किया जाता है। तीसरे दिन बीस-बीस बार करने का अभ्यास करना चाहिए। इस तरह तीनों प्रकार के कुम्भकों का प्रतिदिन पाँच-पाँच की संख्या बढ़ाकर अभ्यास करना चाहिए। दिन में सोना, रात को जागना, अति मैथुन करना, मल-मूत्र के वेग को रोकना, ज्यादा चलना, आसनों का योग्य रीति से अभ्यास न करना, प्राणायामक्रिया में बहुत बल लगाना तथा चिन्तित रहना—इन सब दोषों के कारण साधक जल्दी ही रोगी हो जाता है।

योगाभ्यासेन मे रोग उत्पन्न इति कथ्यते ।
ततोऽभ्यासं त्यजेदेवं प्रथमं विघ्नमुच्यते ॥58॥
द्वितीयं संशयाख्यं च तृतीयं च प्रमत्तता ।
आलस्याख्यं चतुर्थं च निद्रारूपं तु पञ्चमम् ॥59॥
षष्ठं तु विरतिर्भ्रान्तिः सप्तमं परिकीर्तितम् ।
विषयं चाष्टमं चैव अनाख्यं नवमं स्मृतम् ॥60॥
अलब्धिर्योगतत्त्वस्य दशमं प्रोच्यते बुधैः ।
इत्येतद्विघ्नदशकं विचारेण त्यजेद्बुधः ॥61॥

यदि कोई साधक ऐसा कहे कि—'योगाभ्यास से मुझे रोग उत्पन्न हो गया है' और ऐसा कहकर योग को छोड़ दे, तो वह योग का प्रथम विघ्न कहा जाता है। दूसरा विघ्न संशय नाम का है, तीसरा विघ्न प्रमत्तता है, चौथा विघ्न आलस्य है और पाँचवाँ विघ्न निद्रारूप है, छठा विघ्न साधना में प्रेम न होना है, और सातवाँ विघ्न भ्रान्ति (भ्रम) है, आठवाँ विघ्न विषय में आसक्तिरूप है, नवम विघ्न अनाख्य (अप्रसिद्ध) है और दसवाँ विघ्न योगतत्त्व की अलब्धि (अलाभ) है—ऐसा ज्ञानीजन कहते हैं। ज्ञानी को चाहिए कि वह विचार के द्वारा योग के इन दशों विघ्नों को वह छोड़ दे।

प्राणाभ्यासस्ततः कार्यो नित्यं सत्त्वस्थया धिया ।
सुषुम्ना लीयते चित्तं तथा वायुः प्रधावति ॥62॥

शुष्के मले तु योगी च स्याद्गतिश्चलिता ततः ।
अधोगतिमपानं वै ऊर्ध्वगं कुरुते बलात् ॥63॥
आकुञ्चनेन तं प्राहुर्मूलबन्धोऽयम्ङ्गुच्यते ।
अपानश्चोर्ध्वगो भूत्वा वह्निना सह गच्छति ॥64॥

इसलिए सत्त्वमयी दृष्टि से सोचते हुए साधक को सदैव प्राणायाम का अभ्यास करते ही रहना चाहिए। इससे सुषुम्ना में चित्त लीन हो जाता है और इससे प्राणों का प्रवाह चलने लगता है। जब मल पूर्णरूप से शुष्क (शोधित) हो जाता है, तभी और जब प्राण प्रवाहित होने लगें तभी योगी को अपान को ऊर्ध्वगामी बनाना चाहिए, उसके पहले नहीं। प्राण की ऊर्ध्वगति के लिए गुदा के आकुंचन को ही मूलबन्ध कहा जाता है। इसमें अपान वायु ऊँचे चढ़कर अग्नि के साथ में मिलकर ऊपर की ओर जाता है।

प्राणस्थानं ततो वह्निः प्राणापानौ च सत्वरम् ।
मिलित्वा कुण्डलीं याति प्रसुप्ता कुण्डलाकृतिः ॥65॥
तेनाग्निना च सन्तप्ता पवनेनैव चालिता ।
प्रसार्य स्वशरीरं तु सुषुम्ना वदनान्तरे ॥66॥
ब्रह्मग्रन्थिं ततो भित्त्वा रज्ञोगुणसमुद्भवम् ।
सुषुम्नावदने शीघ्रं विद्युल्लेखेव संस्फुरेत् ॥67॥
विष्णुग्रन्थिं प्रयात्युच्चैः सत्वरं हृदि संस्थिता ।
ऊर्ध्वं गच्छति यच्चान्ते रुद्रग्रन्थिं तदुद्भवम् ॥68॥

जब वह अग्नि प्राणस्थान में पहुँचती है और प्राण तथा अपान दोनों मिलकर कुण्डलिनी से मिलते हैं, उस समय उसकी गरमी से तप्त होकर तथा वायु के बार-बार के दबाव से कुण्डलिनी सीधी होकर सुषुम्ना के मुँह पर आ जाती है और उसमें प्रवेश करती है। तब वह कुण्डलिनी शक्ति रजोगुणोत्पादित ब्रह्मग्रन्थि का भेदन करके बिजली की रेखा की भाँति सुषुम्ना के मुख में ऊर्ध्वगमन करती है अर्थात् प्रवेश करती है। और वहाँ से शीघ्र ही हृदयचक्र में स्थित विष्णुग्रन्थि का भेदन करके और भी आगे ऊपर आज्ञाचक्र में रुद्रग्रन्थि तक पहुँच जाती है।

भ्रुवोर्मध्यं तु सम्भिद्य याति शीतांशुमण्डलम् ।
अनाहताख्यं यच्चक्रं दलैः षोडशभिर्युतम् ॥69॥
तत्र शीतांशुसञ्जातं द्रवं शोषयति स्वयम् ।
चलिते प्राणवेगेन रक्तं पित्तं रवेर्ग्रहात् ॥70॥
यातेन्दुचक्रं यत्रास्ते शुद्धश्लेष्मद्रवात्मकम् ।
तत्र सिक्तं ग्रसत्युष्णं कथं शीतस्वभावकम् ॥71॥
तथैव रभसा शुक्लं चन्द्ररूपं हि तप्यते ।
ऊर्ध्वं प्रवहति क्षुब्धा तदैवं भ्रमतेतराम् ॥72॥

भ्रूकुटियों के बीच आज्ञाचक्र का भेदन करके वह चन्द्रस्थान में पहुँच जाती है, जहाँ पर सोलह दल वाला अनाहतचक्र अवस्थित है। वह कुण्डलिनी शक्ति वहाँ पर चन्द्र से द्रवित होते हुए द्रव-प्रवाही को सुखाकर प्राणवायु के वेग से गतिशील हो जाती है तथा रक्त और पित्त को सूर्य से मिलकर ग्रहण करती है। फिर चन्द्र चक्र में गई हुई वह जहाँ शुद्ध श्लेष्मा द्रवस्वरूप में (प्रवाही रूप में) होता है,

वहाँ उस रस पदार्थ को—प्रवाहिता को सोख कर उसे गरम कर देती है, और इस तरह वहाँ शीतलता नहीं रह जाती। उसी तरह तब वह उस शुक्लरूप चन्द्रमा को भी तपा देती है तथा क्षुब्ध होकर ऊपर घूमा करती है।

तस्यास्वादवशाच्चित्तं बहिष्ठं विषयेषु यत् ।
तदेव परमं भुक्त्वा स्वस्थः स्वात्मरतो युवा ॥73॥
प्रकृत्यष्टकरूपं च स्थानं गच्छति कुण्डली ।
क्रोडीकृत्य शिवं याति क्रोडीकृत्य विलीयते ॥74॥
इत्यधोर्ध्वरजः शुक्लं शिवे तदनु मारुतः ।
प्राणापानौ समौ याति सदा ज्ञातौ तथैव च ॥75॥
भूतेऽल्पे चाप्यनल्पे वा वाचके त्वतिवर्धते ।
धावयत्यखिला वाता अग्निमूषाहिरण्यवत् ॥76॥

उस स्थिति में मन को जो अमृतरसास्वाद मिलता है इससे वह मन, जो कि पहले बाह्य विषयों में भोगलीन था, अब अन्तर्मुखी होकर अपने में ही रहने वाले अपने आत्मा में आनन्द का अनुभव करने लगता है। इस तरह यह कुण्डलिनीशक्ति आठ प्रकृतियों में से व्याप्त होती हुई अन्त में शिव से एकाकार होती है और उन्हीं में विलीन हो जाती है। (आठ प्रकृतियाँ—पाँच तत्त्व और मन, बुद्धि, अहंकार हैं) इस प्रकार अधःस्थित रज और ऊर्ध्वस्थित सत्त्व भी वायुवेग से शिव में मिल जाते हैं। और प्राण तथा अपान भी शिव में मिल जाते हैं, क्योंकि उन्हें समान रूप से उत्पन्न होने वाला कहा गया है। जिस प्रकार सोना अग्नि से गल कर चारों तरफ फैल जाता है, ठीक उसी प्रकार यह पाँचभौतिक देह भी तो, भले छोटा हो या बड़ा, परन्तु कुण्डलिनी की गरमी पाकर वह दिव्यशक्ति पूरे शरीर में फैल जाती है।

आधिभौतिकदेहं तु आधिदैविकविग्रहे ।
देहोऽतिविमलं याति चातिवाहिकतामियात् ॥77॥
जाड्यभावविनिर्मुक्तममलं चिन्मयात्मकम् ।
तस्यातिवाहिकं मुख्यं सर्वेषां तु मदात्मकम् ॥78॥
जायाभवविनिर्मुक्तिः कालरूपस्य विभ्रमः ।
इति तं स्वरूपा हि मती रज्जुभुजङ्गवत् ॥79॥
मृषैवोदेति सकलं मृषैव प्रविलीयते ।
रौप्यबुद्धिः शुक्तिकायां स्त्रीपुंसोर्भ्रमतो यथा ॥80॥

इस कुण्डलिनी दिव्यशक्ति के प्रभाव से यह आधिभौतिक देह आधिदैविक देह में रूपान्तरित हो जाता है। यह शरीर अत्यन्त पवित्र होकर सूक्ष्म शरीर की तरह हो जाता है। वह जड़ता के भाव को छोड़कर अत्यन्त चिन्मय स्वरूप हो जाता है। इसके (साधक के) सिवा अन्य शरीर तो (अन्य लोगों के शरीर तो) अज्ञानग्रस्त ही रहते हैं। पर उस साधक को तो अपने 'स्व' की जानकारी हो जाती है। तब वह भवबन्धन (आवागमन) से मुक्त हो जाता है। वह काल के पाश से मुक्त हो जाता है। रस्सी में साँप, सीप में रजत और पुरुष में स्त्री के भ्रम की तरह यह सब कुछ मिथ्या ही उत्पन्न होता है और मिथ्या ही दिखाई देता है।

पिण्डब्रह्माण्डयोरैक्यं लिङ्गसूत्रात्मनोरपि ।
स्वापाव्याकृतयोरैक्यं स्वप्रकाशचिदात्मनोः ॥81॥
शक्तिः कुण्डलिनी नाम बिसतन्तुनिभा शुभा ।
मूलकन्दं फणाग्रेण दृष्ट्वा कमलकन्दवत् ॥82॥
मुखेन पुच्छं संगृह्य ब्रह्मरन्ध्रसमन्विता ।
पद्मासनगतः स्वस्थो गुदमाकुञ्च्य साधकः ॥83॥
वायुमूर्ध्वगतं कुर्वन्कुम्भकाविष्टमानसः ।
वाय्वाघातवशादग्निः स्वाधिष्ठानगतो ज्वलन् ॥84॥

इस प्रकार पिण्ड और ब्रह्माण्ड, सूक्ष्म शरीर और सूत्रात्मा के एकाकार होने से अपनी आत्मा और परम चैतन्य की एकता का ज्ञान हो जाता है। कुण्डलिनी शक्ति कमल के नाल की तरह होती है। वह कमलकन्द जैसे ही मूलकन्द को फणा के अग्रभाग से देखकर अपने पुच्छ को मुँह में डालकर सुषुम्ना नाड़ी के द्वार (ब्रह्मरन्ध्र) को ढँककर सोयी-सी पड़ी हुई है। इसके जागरण के लिए पद्मासन में बैठकर गुदा को ऊपर की ओर खींचकर, कुंभक करके वायु को ऊपर की ओर ले जाकर वायु के आघात से स्वाधिष्ठानचक्र में स्थित अग्नि को प्रज्वलित कर देना चाहिए।

ज्वलनाघातपवनाघातैरुन्निद्रितोऽहिराट् ।
ब्रह्मग्रन्थिं ततो भित्त्वा विष्णुग्रन्थिं भिनत्त्यतः ॥85॥
रुद्रग्रन्थिं च भित्त्वैव कमलानि भिनत्ति षट् ।
सहस्रकमले शक्तिः शिवेन सह मोदते ॥86॥
सैवावस्था परा ज्ञेया सैव निर्वृतिकारिणी ॥87॥ इति ।

इति प्रथमोऽध्याय ।

ऐसा करने से अग्नि और वायु के आघात से सोई हुई कुण्डलिनी जाग्रत् होकर ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र इन तीनों ग्रन्थियों का भेदन करके छहों चक्रों का भेदन करती हुई सहस्रार कमल तक पहुँच जाती है, और वहाँ वह शक्ति शिव के साथ आनन्द प्राप्त करती है। यह अवस्था परमानन्द मुक्तिदायक होती है।

यहाँ प्रथम अध्याय पूरा हुआ।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

अथाहं सम्प्रवक्ष्यामि विद्यां खेचरिसंज्ञिकाम् ।
यथा विज्ञानवानस्या लोकेऽस्मिन्नजरोऽमरः ॥1॥
मृत्युव्याधिजराग्रस्तो दृष्ट्वा विद्यामिमां मुने ।
बुद्धिं दृढतरां कृत्वा खेचरीं तु समभ्यसेत् ॥2॥
जराम्रत्युगदघ्नो यः खेचरीं वेत्ति भूतले ।
ग्रन्थतश्चार्थतश्चैव तदभ्यासप्रयोगतः ॥3॥
तं मुने सर्वभावेन गुरुं मत्वा समाश्रयेत् ।
दुर्लभा खेचरी विद्या तदभ्यासोऽपि दुर्लभः ॥4॥

मैं अब खेचरी विद्या को कहूँगा। इस विद्या को जानकर मनुष्य अजर और अमर हो सकता है। हे मुनि ! यदि कोई मृत्यु, व्याधि या जरा से पीड़ित मनुष्य हो तो इस विद्या (खेचरी विद्या) को पाकर दृढ़तर बुद्धि से इसका अभ्यास करना चाहिए। जरा, मृत्यु और रोग—इनका नाश करने वाली इस खेचरी विद्या को जो मनुष्य इस भूतल में ग्रन्थों से मर्मसहित जानता है, उसे हे मुनि ! गुरु मानकर उसका आश्रय लेकर यह विद्या सीखनी चाहिए। क्योंकि यह खेचरी विद्या दुर्लभ है और उसका अभ्यास भी दुर्लभ है।

अभ्यासं मेलनं चैव युगपन्नैव सिद्ध्यति ।
अभ्यासमात्रनिरता न विन्दन्ते ह मेलनम् ॥5॥
अभ्यासं लभते ब्रह्मञ्जन्मजन्मान्तरे क्वचित् ।
मेलनं तत्तु जन्मनां शतान्तेऽपि न लभ्यते ॥6॥
अभ्यासं बहुजन्मान्ते कृत्वा तद्भावसाधितम् ।
मेलनं लभते कश्चिद्योगी जन्मान्तरे क्वचित् ॥7॥
यदा तु मेलनं योगी लभते गुरुवक्त्रतः ।
तदा तत्सिद्धिमाप्नोति यदुक्ता शास्त्रसन्ततौ ॥8॥

इस खेचरी विद्या का अभ्यास और साधना—दोनों एक साथ सिद्ध नहीं होते। इसका केवल अभ्यास करने वाले लोग सिद्धि प्राप्त नहीं कर सकते। हे ब्रह्मन् ! इस विद्या का अभ्यास तो कहीं जन्मजन्मान्तर से प्राप्त हो सकता है, परन्तु इसकी सिद्धि तो सैंकड़ों जन्मों के बाद भी प्राप्त नहीं होती। जब कोई योगी गुरु के मुख से मेलनमंत्र को प्राप्त कर लेता है तो सभी शास्त्रों में कही गई सभी सिद्धियाँ प्राप्त कर लेता है। बहुत जन्मों के बाद अभ्यास भावसहित करके योगी बाद में सिद्धि पाता है।

ग्रन्थतश्चार्थतश्चैव मेलनं लभते यदा ।
तदा शिवत्वमाप्नोति निर्मुक्तः सर्वसंसृतेः ॥9॥
शास्त्रं विनापि सम्बोद्धुं गुरवोऽपि न शक्नुयुः ।
तस्मात्सुदुर्लभतरं लभ्यं शास्त्रमिदं मुने ॥10॥
यावन्न लभ्यते शास्त्रं तावद्गां पर्यटेद्यतिः ।
यदा संलभ्यते शास्त्रं तदा सिद्धिः करे स्थिता ॥11॥
न शास्त्रेण विना सिद्धिर्दृष्टा चैव जगत्त्रये ।
तस्मान्मेलनदातारं शास्त्रदातारमच्युतम् ॥12॥
तदभ्यासप्रदातारं शिवं मत्वा समाश्रयेत् ।
लब्ध्वा शास्त्रमिदं मह्यमन्येषां न प्रकाशयेत् ॥13॥

जब साधक ग्रन्थों से और रहस्यों से युक्त सिद्धि को प्राप्त करता है, तब वह इस सारे संसार से मुक्ति पाकर शिवत्व को प्राप्त करता है। शास्त्रों के बिना तो गुरुजन भी इसका ज्ञान कराने में अशक्त हैं। इसलिए हे मुनि ! शास्त्र तो बहुत ही दुर्लभ माने गए हैं। (शास्त्रों का प्राप्त करना मुश्किल है।) यह शास्त्र जहाँ तक न मिले वहाँ तक साधक को उसे पाने के लिए पृथ्वी पर भटकते रहना चाहिए। और जब शास्त्र मिल गया होता है, तब तो सिद्धि हाथ ही में आ गई है, ऐसा समझ लेना चाहिए। इन तीनों भुवनों में शास्त्रों के बिना तो सिद्धि कहीं भी नहीं देखी गई है। इसलिए सिद्धि देने वाले शास्त्रों

को देने वाले गुरु को अच्युत और शिव की प्रतिमूर्ति मानकर उनका आश्रय लेना चाहिए। यह महनीय ज्ञान प्राप्त करके अन्य अनधिकारियों के आगे इसे प्रकाशित नहीं कर देना चाहिए।

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन गोपनीयं विजानता।
यत्रास्ते च गुरुर्ब्रह्मन्दिव्ययोगप्रदायकः ॥14॥
तत्र गत्वा च तेनोक्तविद्यां संगृह्य खेचरीम्।
तेनोक्तः सम्यगभ्यासं कुर्यादादावतन्द्रितः ॥15॥
अनया विद्यया योगी खेचरीसिद्धिभाग्भवेत्।
खेचर्या खेचरीं युञ्जन्खेचरीबीजपूरया ॥16॥
खेचराधिपतिर्भूत्वा खेचरेषु सदा वसेत्।
खेचरावसथं वह्निमम्बुमण्डलभूषितम् ॥17॥

इसलिए इस विद्या को जानने वाले को प्रयत्नपूर्वक यह ज्ञान गोपनीय रखना चाहिए। और जहाँ पर इस दिव्य ज्ञान को देने वाले गुरु रहते हों, वहाँ जाकर, उनकी दी हुई विद्या को मन में अच्छी तरह से ग्रहण करके (अर्थात् खेचरी का संग्रहण करके) गुरु के द्वारा आदिष्ट किए गए शिष्य को पहले तो अतन्द्रित होकर (आलस्यरहित होकर) अच्छी तरह से अभ्यास करना चाहिए। इस विद्या से योगी खेचरी सिद्धि को प्राप्त करने वाला होता है। इसलिए खेचरी विद्या का अभ्यास खेचरी मंत्र के बीज के साथ करना चाहिए। इस प्रकार से सिद्ध मुनि खेचरों का अर्थात् आकाश में विहार करने वालों का अधिपति होकर आकाश में बसता है। खेचरी के बीजमंत्र में खेचर का बीज 'ह'कार और आवसथ का बीज 'ई'कार, अग्नि का रूप 'र'कार और जल का रूप 'बिन्दु' है। (इन सबका योग 'ह्रीं' होता है।)

आख्यातं खेचरीबीजं तेन योगः प्रसिध्यति।
सोमांशनवकं वर्णं प्रतिलोमेन चोद्धरेत् ॥18॥
तस्मात् त्र्यंशकमाख्यातमक्षरं चन्द्ररूपकम्।
तस्मादप्यष्टमं वर्णं विलोमेन परं मुने ॥19॥
तथा तत्परमं विद्धि तदादिरपि पञ्चमी।
इन्द्रोश्च बहुभिन्ने च कूटोऽयं परिकीर्तितः ॥20॥

इसी बीजमंत्र से खेचरी योग सिद्ध होता है। इसके आगे चन्द्रबीज—स होता है। इसके उल्टे गिनने पर नवम अक्षर पर 'भ' है। पुनः चन्द्रबीज—सकार है। इसके उल्टे गिनने पर आठवाँ अक्षर पर 'म' है। इससे पाँच अक्षर उल्टा गिनने पर 'प' है। पुनः चन्द्रबीज 'स'कार है और संयुक्त वर्ण 'क्ष' सबसे अन्तिम वर्ण है। (इस तरह ह्रीं भं सं मं पं सं क्षं—ऐसा खेचरी मंत्र होता है।)

गुरूपदेशलभ्यं च सर्वयोगप्रसिद्धिदम्।
यत्तस्य देहजा माया निरुद्धकरणाश्रया ॥21॥
स्वप्नेऽपि न लभेत्तस्य नित्यं द्वादशजप्यतः।
य इमां पञ्च लक्षाणि जपेदपि सुयन्त्रितः ॥22॥
तस्य श्रीखेचरीसिद्धिः स्वयमेव प्रवर्तते।
नश्यन्ति सर्वविघ्नानि प्रसीदन्ति च देवताः ॥23॥
वलीपलितनाशश्च भविष्यति न संशयः।
एवं लब्ध्वा महाविद्यामभ्यासं कारयेत्ततः ॥24॥

गुरु के उपदेश के द्वारा प्राप्त किए गए इन सभी योगों की सिद्धि देने वाले ज्ञान से देह में उत्पन्न हुई यह माया अपने आश्रयरूप कारण के साथ रुक जाती है, उस सिद्ध में वह असर नहीं करती। रोज बारह बार इसका जप करने वाले को यह (पूर्वोक्त) फल मिल जाता है। ऐसे पुरुष को स्वप्न में भी माया नहीं लगती। जो मनुष्य इस मंत्र का नियमपूर्वक पाँच लाख बार जप करता है उसको खेचरी आप ही आप सिद्ध हो जाती है। तथा उसके जीवन की सभी आपदाएँ दूर हो जाती हैं। और उसे देवताओं की प्रसन्नता भी मिलती है। उसके शरीर में पड़ी हुई झुर्रियाँ तथा पलित (सफेद) केश भी समाप्त हो जाते हैं (वह फिर से जवान हो जाता है।) इसमें कोई सन्देह नहीं है। इसलिए इस महाविद्या का ठीक तरह से अभ्यास करना चाहिए।

अन्यथा क्लिश्यते ब्रह्मन्न सिद्धिः खेचरीपथे।
यदभ्यासविधौ विद्यां न लभेद्यः सुधामयीम् ॥25॥
ततः संमेलकादौ च लब्ध्वा विद्यां सदा जपेत्।
नान्यथा रहितो ब्रह्मन्न किंचित्सिद्धिभाग्भवेत् ॥26॥
यदिदं लभ्यते शास्त्रं यदा विद्यां समाश्रयेत्।
ततस्तदोदितां सिद्धिमाशु तां लभते मुनिः ॥27॥
तालुमूलं समुत्कृष्य सप्तवासरमात्मवित्।
स्वगुरूक्तप्रकारेण मलं सर्वं विशोधयेत् ॥28॥

ऐसा नहीं करने पर तो खेचरी की सिद्धि नहीं होती। हे ब्रह्मन्! उल्टे कष्ट ही उठाने पड़ते हैं। ठीक तरह से अभ्यास कर लेने के बाद भी यदि सिद्धि प्राप्त न हो, तो मार्गदर्शक गुरु के द्वारा बताए गए मार्ग का त्याग नहीं करना चाहिए। निरन्तर उसका जाप करते ही रहना चाहिए। हे ब्रह्मन्! योग्य मार्गदर्शक के बिना तो सिद्धि मिलनी असंभव है। सबसे पहले साधक को गुरु के मार्गदर्शन के अनुसार तालु-स्थान के मूल प्रदेश को सात दिनों तक घिसते रहना चाहिए। इससे उसकी सारी मलिनता चली जाएगी।

स्नुहिपत्रनिभं शस्त्रं सुतीक्ष्णं स्निग्धनिर्मलम्।
समादाय ततस्तेन रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥29॥
हित्वा मैन्धवपथ्याभ्यां चूर्णिताभ्यां प्रकर्षयेत्।
पुनः सप्तदिने प्राप्ते रोममात्रं समुच्छिनेत् ॥30॥
एवं क्रमेण षाण्मासं नित्योद्युक्तः समाचरेत्।
षाण्मासाद्रसनामूलं सिराबन्धं प्रणश्यति ॥31॥

तालुस्थान को घिसने के बाद थूहर के पत्ते जैसी पैनी धारवाले किसी शस्त्र (साधन) से जीभ के मूल को—नीचे के जबड़े से जीभ को जोड़ने वाले तन्तु को बाल (रोम)—के बराबर स्वयं काटना चाहिए या गुरु से कटवाना चाहिए। और उस कटे हुए भाग पर हरड या सैंधा नमक को सात दिन तक बिखेरते रहना चाहिए। इसके बाद फिर से एक बार बाल के परिमाण में (तनिक-सा) काटना चाहिए। इस प्रकार क्रमशः छः महीनों तक प्रयास करने से जीभ का निचले जबड़े से सम्बन्ध कट जाता है।

अथ वागीश्वरीधाम शिरो वस्त्रेण वेष्टयेत्।
शनैरुत्कर्षयेद्योगी कालवेलाविधानवित् ॥32॥

पुनः षाण्मासमात्रेण नित्यं संघर्षणान्मुने ।
भ्रूमध्यावधि चाप्येति तिर्यक्कर्णबिलावधि ॥33॥
अधश्च चुबुकं मूलं प्रयाति क्रमचारिता ।
पुनः संवत्सराणां तु तृतीयादेव लीलया ॥34॥
केशान्तमूर्ध्वं क्रमति तिर्यक्शाखावधिर्मुने ।
अधस्तात्कण्ठकूपान्तं पुनर्वर्षत्रयेण तु ॥35॥
ब्रह्मरन्ध्रं समावृत्य तिष्ठेदेव न संशयः ।
तिर्यक् चूलितलं याति अधः कण्ठबिलावधिः ॥36॥

तब जीभ के आगे वाले भाग में कपड़ा लपेटकर धीरे-धीरे बाहर की ओर उत्कर्षण करना चाहिए। ऐसा नियमित छः मास तक अभ्यास किए जाने पर जीभ बढ़कर भृकुटियों के मध्यभाग तक पहुँच जाएगी, तथा और अधिक अभ्यास किए जाने पर तो वह बगल और कान तक भी पहुँचने लगेगी। बाहर निकलने पर ठोड़ी तक पहुँच जाएगी। इस अभ्यास को लगातार तीन वर्ष तक चालू रखा जाए, तब तो जीभ सिर के बालों तक पहुँचने लगेगी। इस प्रकार और भी अभ्यास किया जाता रहे, तब तो वह बगल में कन्धे तक और नीचे कण्ठकूप तक भी पहुँच जाती है। आगे और ज्यादा तीन वर्षों तक अभ्यास करने से वह गर्दन के पीछे और नीचे कण्ठ के निचले छोर तक पहुँच जाती है। इस प्रकार जीभ ऊपर ब्रह्मरन्ध्र तक जाकर उसे ढँक लेगी, इसमें कोई सन्देह नहीं है।

शनैः शनैर्मस्तकाच्च महावज्रकपाटभित् ।
पूर्वं बीजयुता विद्या ह्याख्याता याऽतिदुर्लभा ॥37॥
तस्याः षडङ्गं कुर्वीत तया षट्स्वरभिन्नया ।
कुर्यादेवं करन्यासं सर्वसिद्ध्यादिहेतवे ॥38॥

इस तरह क्रमानुसार अभ्यास करने पर जीभ ब्रह्मरन्ध्र का भेदन कर जाती है। सभी पूर्व बीजों के साथ यह विद्या बड़ी ही कठिन और दुर्लभ है। पहले कटे हुए छः बीजाक्षरों के साथ करन्यास और षडंगन्यास करने से ही यह विद्या सिद्ध हो सकती है—सिद्धिप्राप्ति के लिए ऐसे न्यास करने चाहिए।

शनैरेवं प्रकर्तव्यमभ्यासं युगपन्न हि ।
युगपद्वर्तते यस्य शरीरं विलयं व्रजेत् ॥39॥
तस्माच्छनैः शनैः कार्यमभ्यासं मुनिपुङ्गव ।
यदा च बाह्यमार्गेण जिह्वा ब्रह्मबिलं व्रजेत् ॥40॥
तदा ब्रह्मार्गलं ब्रह्मन्दुर्भेद्यं त्रिदशैरपि ।
अङ्गुल्यग्रेण संघृष्य जिह्वामात्रंनिवेशयेत् ॥41॥
एवं वर्षत्रयं कृत्वा ब्रह्मद्वारं प्रविश्यति ।
ब्रह्मद्वारे प्रविष्टे तु सम्यङ्मथनमाचरेत् ॥42॥

यह अभ्यास बड़ी ही सावधानी रखकर धीरे-धीरे ही नियमानुसार करना चाहिए। जल्दी-जल्दी से किया गया अभ्यास शरीर को नुकसान पहुँचा सकता है। इसलिए इसके अभ्यास में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अगर बाहर की स्थूल विधि से जीभ ब्रह्मविवर में प्रवेश कर जाती है, तो अँगुली के अग्र भाग से उसे उठाकर—घसीट कर—ब्रह्मरन्ध्र के भीतर रख देना चाहिए। इस प्रकार तीन वर्ष तक

अभ्यास करने से जीभ का ब्रह्मद्वार में प्रवेश हो जाता है। और इस तरह ब्रह्मद्वार में जीभ का ठीक तौर से प्रवेश हो जाने के बाद उसका विधिपुरःसर मन्थन करना चाहिए।

मथनेन विना केचित्साधयन्ति विपश्चितः ।
खेचरीमन्त्रसिद्धस्य सिद्ध्यते मथनं विना ॥43॥
जपं च मथनं चैव कृत्वा शीघ्रं फलं लभेत् ।
स्वर्णजां रौप्यजां वापि लोहजां वा शलाकिकाम् ॥44॥
नियोज्य नासिकारन्ध्रं दुग्धसिक्तेन तन्तुना ।
प्राणान्निरुध्य हृदये सुखमासनमात्मनः ॥45॥
शनैः सुमथनं कुर्याद्भ्रूमध्ये न्यस्तचक्षुषी ।
षाण्मासं मथनावस्था भावेनैव प्रजायते ॥46॥

जप और मन्थन—दोनों करने से शीघ्र ही लाभ मिल जाता है। मंथन के लिए सोने, चाँदी या लोहे की सलाई के एक सिरे पर दूध लगाया हुआ तन्तु लगाना चाहिए। फिर उसे नाक में डालकर, सुखासन में बैठकर, प्राण का हृदय में निरोध करके नेत्रों से भौहों के बीच के भाग में देखते हुए उसी शलाका से मंथन करना चाहिए। इस तरह छः मास तक मंथन का अभ्यास करने से इसका प्रभाव देखने में आता है।

यथा सुषुप्तिर्बालानां यथा भावस्तथा भवेत् ।
न सदा मथनं शस्तं मासे मासे समाचरेत् ॥47॥
सदा रसनया योगी मार्गं न परिसंक्रमेत् ।
एवं द्वादशवर्षान्ते संसिद्धिर्भवति ध्रुवा ॥48॥
शरीरे सकलं विश्वं पश्यत्यात्मविभेदतः ।
ब्रह्माण्डोऽयं महामार्गो राजदन्तोर्ध्वकुण्डली ॥49॥

इति द्वितीयोऽध्यायः ।

उस समय साधक की अवस्था सोए हुए बालक जैसी होती है। इस मंथनक्रिया को मास में एक बार ही करना चाहिए, हररोज नहीं करनी चाहिए। जीभ को भी ब्रह्मरन्ध्र में बार-बार प्रवेश नहीं करना चाहिए। योगी को बारह वर्ष तक इस प्रकार की साधना करने पर अवश्य ही सिद्धि प्राप्त होगी। योगी अभ्यास की इस अवस्था में अपने भीतर (अन्तस्) में पूरे विश्व का दर्शन कर लेता है। क्योंकि जीभ से ब्रह्मरन्ध्र तक जाने वाले मार्ग में ही तो पूरे ब्रह्माण्ड की स्थिति है।

यहाँ दूसरा अध्याय पूरा हुआ।

❋

तृतीयोऽध्यायः

मेलनमन्त्रः ह्रीं भं सं मं पं सं क्षम् । पद्मज उवाच ।
अमावास्या च प्रतिपत्पौर्णमासी च शंकर ।
अस्याः का वर्ण्यते संज्ञा एतदाख्याहि तत्त्वतः ॥1॥
प्रतिपद्दिनतोऽकाले अमावास्या तथैव च ।
पौर्णमास्यां स्थिरीकुर्यात्स च पन्था हि नान्यथा ॥2॥

कामेन विषयाकाङ्क्षी विषयात्काममोहितः ।
द्वावेव सन्त्यजेन्नित्यं निरञ्जनमुपाश्रयेत् ॥3॥
अपरं सन्त्यजेत्सर्वं यदीच्छेदात्मनो हितम् ।
शक्तिमध्ये मनः कृत्वा मनः शक्तेश्च मध्यगम् ॥4॥

ब्रह्माजी ने कहा—"खेचरी का मेलन मंत्र, 'ह्रीं भं सं मं पं सं क्षं है। हे शंकरजी ! अमावस, प्रतिपदा या पौर्णमासी का साधक के लिए क्या अभिप्राय है ? यह कृपा करके हमें बताइए।" (तब शंकर ने कहा कि—) आत्मानुसन्धान की साधना के पहले चरण में साधक की दृष्टि तथा स्थिति प्रकाशरहित अमावास्या जैसी होती है। दूसरे चरण में प्रतिपदा जैसी (अल्पप्रकाश वाली) होती है। तथा तीसरे चरण में पूर्णिमा (पूर्ण प्रकाश की) सी होती है और वही कल्याण की स्थिति होती है। जब मनुष्य कामनाओं में फँसकर विषयों की ओर दौड़ता है, तो उस समय विषयों को प्राप्त करके कामनाएँ और भी बढ़ती हैं। इसलिए विषयों को और कामनाओं को—दोनों को छोड़कर आत्मस्थ होकर ही विशुद्ध परमात्मभाव की प्राप्ति की जा सकती है। अपनी भलाई चाहने वाले को चाहिए कि वह सभी मिथ्या विषयों को छोड़ दे और कुण्डलिनी शक्ति के मध्य में अपने मन को स्थिर करके उसी में ही स्थिर रहे।

मनसा मन आलोक्य तत्त्यजेत्परमं पदम् ।
मन एव हि बिन्दुश्च उत्पत्तिस्थितिकारणम् ॥5॥
मनसोत्पद्यते बिंन्दुर्यथा क्षीरं घृतात्मकम् ।
न च बन्धनमध्यस्थं तद्वै कारणमानसम् ॥6॥
चन्द्रार्कमध्यमा शक्तिर्यत्रस्था तत्र बन्धनम् ।
ज्ञात्वा सुषुम्नां तद्भेदं कृत्वा वायुं च मध्यगम् ॥7॥
स्थित्वासौ बैन्दवस्थाने घ्राणरन्ध्रे निरोधयेत् ।
वायुं बिन्दुं समाख्यातं सत्त्वं प्रकृतिमेव च ॥8॥

मन से ही मन का अवलोकन (निरीक्षण, परीक्षण) करके उसको जो छोड़ते हैं, उस मन के त्याग को ही परमपद कहा गया है। वास्तव में मन ही बिन्दु (ईश्वर) हैं और वही इस जगत् की उत्पत्ति और स्थिति का कारण है। जिस प्रकार दूध में से घी निकलता है उसी प्रकार मन से बिन्दु उत्पन्न होता है। जो भी बन्धन हैं, सब मन में ही हैं, बिन्दु में नहीं। जो शक्ति सूर्य और चन्द्र में है, अर्थात् इडा और पिंगला नाड़ियों में है, वही बन्धनकारक है। यह जानकर उन ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र ग्रन्थियों का भेदन करके प्राणवायु को सुषुम्ना में गति कराना चाहिए, जो इन दोनों के बीच में स्थित है। बिन्दुस्थान में प्राण को रोककर वायु का निरोध नासिका के द्वारा करना चाहिए। बिन्दु, सत्त्व और प्रकृति का विस्तार यही प्राणवायु है।

षट् चक्राणि परिज्ञात्वा प्रविशेत्सुखमण्डलम् ।
मूलाधारं स्वाधिष्ठानं मणिपूरं तृतीयकम् ॥9॥
अनाहतं विशुद्धिं च आज्ञाचक्रं च षष्ठकम् ।
आधारं गुदमित्युक्तं स्वाधिष्ठानं तु लैङ्गिकम् ॥10॥
मणिपूरं नाभिदेशं हृदयस्थमनाहतम् ।
विशुद्धिः कण्ठमूले च आज्ञाचक्रं च मस्तकम् ॥11॥

षट् चक्राणि परिज्ञात्वा प्रविशेत्सुखमण्डले ।
प्रविशेद्वायुमाकृष्य तथैवोर्ध्वं नियोजयेत् ॥12॥

छः चक्रों को जानकर (भेदकर) सुखमण्डल (सहस्रार) में प्रवेश करना चाहिए। मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा—ये छः चक्र कहे गए हैं। गुदास्थान के समीप मूलाधार होता है, लिंग के समीप स्वाधिष्ठान, नाभिमण्डल में मणिपूर, हृदय में अनाहत, कण्ठमूल में विशुद्ध तथा मस्तक में आज्ञाचक्र आया हुआ है। इन छः चक्रों की जानकारी प्राप्त करके प्राण को खींचकर सुखमण्डल में अर्थात् म्हस्रारचक्र में प्रवेश कराना चाहिए और उसे ऊपर की ओर योजित करना चाहिए।

एतं समभ्यसेद्वायुं स ब्रह्माण्डमयो भवेत् ।
वायुं बिन्दुं तथा चक्रं चित्तं चैव समभ्यसेत् ॥13॥
समाधिमेकेन सममृतं यान्ति योगिनः ।
यथाग्निर्दारुमध्यस्थो नोत्तिष्ठेन्मथनं विना ॥14॥
विना चाभ्यासयोगेन ज्ञानदीपस्तथा न हि ।
घटमध्यगतो दीपो बाह्ये नैव प्रकाशते ॥15॥
भिन्ने तस्मिन्घटे चैव दीपज्वाला च भासते ।
स्वकायं घटमित्युक्तं यथा दीपो हि तत्पदम् ॥16॥
गुरुवाक्यसमाभिन्ने ब्रह्मज्ञानं स्फुटीभवेत् ।
कर्णधारं गुरुं प्राप्य कृत्वा सूक्ष्मं तरन्ति च ॥17॥

प्राण का अभ्यास इस तरह करना चाहिए कि जिससे वायु ब्रह्माण्डमय हो जाए। ठीक ढंग से चित्त, प्राणवायु, बिन्दु और चक्र का अभ्यास हो जाने पर योगीजनों को उनके एकाकार से अमृतमय समाधि प्राप्त हो जाती है। जिस प्रकार काष्ठों के भीतर रहने वाला अग्नि मंथन के बिना बाहर नहीं निकलता, उसी तरह अभ्यासयोग के बिना ज्ञानरूपी दीपक प्रकट नहीं होता। जिस प्रकार घड़े के भीतर स्थित दीपक बाहर से प्रकाशित नहीं होता, परन्तु घड़े के टूट जाने से उस दीपक की ज्वालाएँ बाहर फैलती है। यहाँ अपने शरीर को घड़ा कहा गया है और दीपक को ब्रह्म (परमपद) कहा गया है। जब तक गुरु-वचन के द्वारा शरीरघट का भेदन नहीं किया जाता, तब तक ब्रह्मप्रकाश के दीप का प्रकाश नहीं होता। गुरु कर्णधार (नाविक) है, वही इस रहस्यमय संसाररूपी सागर को पार करने का उपाय है।

अभ्यासवासनाशक्त्या तरन्ति भवसागरम् ।
परायामङ्कुरीभूयं पश्यन्त्यां द्विदलीकृता ॥18॥
मध्यमायां मुकुलिता वैखर्यां विकसीकृता ।
पूर्वं यथोदिता या वाग्विलोमेनास्तगा भवेत् ॥19॥

निरन्तर अभ्यास से और श्रेष्ठ संस्कारों से ही साधक लोग भवसागर को पार करते हैं। इस शरीर में स्थित जो वाणी है, वह 'परा' के रूप में अंकुरित होती है, 'पश्यन्ती' के रूप में दो दलों वाली होती है, 'मध्यमा' के रूप में मुकुलित होती है और 'वैखरी' के रूप में पूरी विकसित हो जाती है। जिस तरह इस वाणी का प्रकटीकरण होता है उसी तरह वह लीन भी हो जाती है।

तस्या वाचः परो देवः कूटस्थो वाक्प्रबोधकः ।
सोऽहमस्मीति निश्चित्य यः सदा वर्तते पुमान् ॥20॥
शब्दैरुच्चावचैर्नीचैर्भाषितोऽपि न लिप्यते ।
विश्वश्च तैजसश्चैव प्राज्ञश्चेति च ते त्रयः ॥21॥
विराड्धिरण्यगर्भश्च ईश्वरश्चेति ते त्रयः ।
ब्रह्माण्डं चैव पिण्डाण्डं लोका भूरादयः क्रमात् ॥22॥
स्वस्वोपाधिलयादेव लीयन्ते प्रत्यगात्मनि ।
अण्डं ज्ञानाग्निना तप्तं लीयते कारणैः सह ॥23॥

'उस वाणी का प्रबोधक कूटस्थ परमदेव मैं ही हूँ'—ऐसा जानकर जो मनुष्य वर्तन करता है वह ऊँचे-नीचे शब्दों के द्वारा जो कुछ भी उसके लिए कहा जाय फिर भी उससे वह लिप्त नहीं होता है। विश्व-तैजस-प्राज्ञ—ये तीन पिण्ड हैं तथा विराट्, हिरण्यगर्भ और ईश्वर—ये तीन भी ब्रह्माण्ड के पिण्ड हैं। इस प्रकार एक पिण्डाण्ड है और दूसरा ब्रह्माण्ड है। ये दो अण्ड तथा भूः आदि लोक भी अपनी-अपनी उपाधि के लय हो जाने से प्रत्यगात्मा में लीन हो जाते हैं। ज्ञानाग्नि से तपा हुआ अण्ड अपने कारणों के मूलस्वरूप में विलीन हो जाता है।

परमात्मनि लीनं तत्परं ब्रह्मैव जायते ।
ततः स्तिमितगम्भीरं न तेजो न तमस्ततम् ॥24॥
अनाख्यमनभिव्यक्तं सत्किञ्चिदवशिष्यते ।
ध्यात्वा मध्यस्थमात्मानं कलशान्तरदीपवत् ॥25॥
अङ्गुष्ठमात्रमात्मानमधूमज्योतिरूपकम् ।
प्रकाशयन्तमन्तःस्थं ध्यायेत्कूटस्थमव्ययम् ॥26॥
विज्ञानात्मा तथा देहे जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तितः ।
मायया मोहितः पश्चाद्बहुजन्मान्तरे पुनः ॥27॥
सत्कर्मपरिपाकात्तु स्वविकारं चिकीर्षति ।
कोऽहं कथमयं दोषः संसाराख्य उपागतः ॥28॥

परमात्मा में लीन होकर जीव ब्रह्मरूप ही हो जाता है। वह स्वरूप 'स्तिमित गंभीर' है, वहाँ न तो तेज फैला है, न अन्धकार। वह अनाख्य (अकथ्य), अनभिव्यक्त है कुछ सत् ही शेष रहता है। घट में रहे हुए दीप जैसे उस मध्यम आत्मा का ध्यान करके निरन्तर आगे भी निर्धूम अग्नि जैसे तेजस्वी अंगुष्ठमात्र, प्रकाशक, कूटस्थ और अव्यय आत्मा का ध्यान करते रहना चाहिए। यह विज्ञानात्मा भी माया से मोहित होकर इस देह में जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति में तथा इसके बाद फिर जन्मान्तर में भी मोहित होता रहता है। फिर किसी तरह सत्कर्मों के परिपाक से वह अपने मोह का विचार करने की इच्छा करता है कि मैं कौन हूँ और यह संसार नाम का दोष मुझ पर यहाँ कैसे आ पड़ा ?

जाग्रत्स्वप्ने व्यवहरन्त्सुषुप्तौ क्व गतिर्मम ।
इति चिन्तापरो भूत्वा स्वभासा च विशेषतः ॥29॥
अज्ञानात्तु चिदाभासो बहिस्तापेन तापितः ।
दग्धं भवत्येव तदा तूलपिण्डमिवाग्निना ॥30॥
दहरस्थः प्रत्यगात्मा नष्टे ज्ञाने ततः परम् ।

विततो व्याप्य विज्ञानं दहत्येव क्षणेन तु ॥31॥
मनोमयज्ञानमयान्त्सम्यग्दग्ध्वा क्रमेण तु ।
घटस्थदीपवच्छश्वदन्तरेव प्रकाशते ॥32॥

(वह आगे सोचता है कि—) जाग्रत् और स्वप्नावस्था में तो मैं व्यवहार कर सकता हूँ, पर सुषुप्ति में तो मेरी कोई भी गति नहीं होती।" इस प्रकार अपने ही प्रकाश से आभासित होकर वह सोचता है। चिदाभासरूपी इस अग्नि से जैसे बाहर रूई का ढेर आग से जल जाता है, वैसे ही अज्ञान जल जाता है। इस तरह सांसारिक ज्ञान के नष्ट हो जाने से प्रत्यगात्मा प्रकाशित हो उठता है और उससे वि-ज्ञान (विशेष ज्ञान) जो संसारविषयक है, वह भी नष्ट हो जाता है। इस तरह क्रम से मनोमय और विज्ञानमय के पूर्णतया नष्ट हो जाने पर घड़े में रखे गए दीपक की भाँति भीतर का प्रकाशस्वरूप आत्मा ही अंतःकरण में प्रकाशित हो उठता है।

ध्यायन्नास्ते मुनिश्चैवमासुप्तेरामृतेस्तु यः ।
जीवन्मुक्तः स विज्ञेयः स धन्यः कृतकृत्यवान् ॥33॥
जीवन्मुक्तपदं त्यक्त्वा स्वदेहे कालसात्कृते ।
विशत्यदेहमुक्तत्वं पवनोऽस्पन्दतामिव ॥34॥
अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथाऽरसं नित्यमगन्धवच्च यत् ।
अनाद्यनन्तं महतः परं ध्रुवं तदेव शिष्यत्यमलं निरामयम् ॥35॥
इत्यपुनिषत् ।

इति तृतीयोऽध्यायः ।

इति योगकुण्डल्युपनिषत्समाप्ता ।

सोने तक और मरण तक जो मुनि इस प्रकार ध्यान करता रहता है, वह जीवन्मुक्त है, वह कृतकृत्य है, वह धन्य है, ऐसा जानना चाहिए। वह जीवन्मुक्त उसके देह के कालग्रस्त हो जाने पर विदेहमुक्त हो जाता है, जैसे वायु स्पन्दरहित होकर आकाश में प्रविष्ट हो जाता है। इसके बाद तो वही शब्दरहित, स्पर्शरहित, रूपरहित, अव्यय, रसरहित, नित्य और गन्धरहित तत्त्व अवशिष्ट रह जाता है, वही जो अनादि है, अनन्त है, महत्तत्त्व से परे है, जो निर्मल और निरामय है—वही शेष रह जाता है। यहाँ यह उपनिषत् पूर्ण होती है।

यहाँ तीसरा अध्याय पूरा हुआ।

इस प्रकार योगकुण्डलिन्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ.....मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(89) भस्मजाबालोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह अथर्ववेदीय उपनिषद् है। यह गद्यात्मक है। इसमें दो आश्रय हैं। इसमें बताया गया है कि ब्राह्मण को त्रिपुण्ड्र लगाए बि.ा गायत्री का.जप, होम आदि क्रियाएँ नहीं करनी चाहिए। ललाट, गला, हृदय, नाभि, दोनों हाथ, दोनों मणिबन्ध आदि अवयवों पर मंत्र का उच्चारण कर भस्म लगाना चाहिए और रुद्राक्ष-माला धारण करनी चाहिए। 'ॐ नमः शिवाय' और 'ॐ नमो महादेवाय' ये दो मंत्र जीव को संसार पार कराने वाले हैं। शिव ही जीव की परमगति है। भूत-भविष्य-वर्तमान तथा अग्नि-सोम-विष्णु आदि देव भी सब शिवस्वरूप ही हैं। सभी प्राणी महेश्वर (शिव) में से ही उत्पन्न होते हैं, उसी में जीते हैं और उसी में विलीन होते हैं। पृथ्वी, जल, तेज, काल, दिशा और आत्मा भी शिव ही है। यह शिव पशुपति कहे जाते हैं। जीव पशु हैं। वे पशुपति को प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं। संसार को पाश कहा जाता है। जीव उससे मुक्त होना चाहते हैं। शिव की कृपा से उनके पाश टूट जाते हैं और वे फिर से जन्म नहीं लेते। शिवपूजक शिवतत्त्व को प्राप्त होता है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोऽध्यायः

अथ जाबालो भुसुण्डः कैलासशिखरावासमोंकारस्वरूपिणं महादेवमुमाऽर्धकृतशेखरं सोमसूर्याग्निननयनमनन्तेन्दुरविप्रभं व्याघ्रचर्माम्बरधरं मृगहस्तं भस्मोद्धूलितविग्रहं तिर्यक्त्रिपुण्ड्ररेखाविराजमानभालप्रदेशं स्मितसम्पूर्णपञ्चविधपञ्चाननं वीरासनारूढमप्रमेयमनाद्यनन्तं निष्कलं निर्गुणं शान्तं निरञ्जनमनामयं हुम्फट्कुर्वाणं शिवनामान्यनिशमुच्चरन्तं हिरण्यबाहुं हिरण्यरूपं हिरण्यवर्णं हिरण्यनिधिमद्वैतं चतुर्थं ब्रह्मविष्णुरुद्रातीतमेकमाशास्यं भगवन्तं शिवं प्रणम्य मुहुर्मुहुरभ्यर्च्य श्रीफलदलैस्तेन भस्मना च नतोत्तमाङ्गः कृताञ्जलिपुटः पप्रच्छ—अधीहि भगवन् वेदसारमुद्धृत्य त्रिपुण्ड्रविधिं यस्मादन्यानपेक्षमेव मोक्षोपलब्धिः। किं भस्मनो द्रव्यम्। कानि स्थानानि। मनवोऽप्यत्र के वा। कति वा तस्य धारणम्। के वाऽत्राधिकारिणः। नियमस्तेषां को वा। मामन्तेवासिनमनुशासयामोक्षमिति ॥1॥

जाबाल भुसुण्ड नामक ऋषि किसी दिन कैलास शिखर पर भगवान महादेव शिव के पास गये। ओंकारस्वरूप, मस्तक में उमा के आधे रूपवाले, चन्द्र-सूर्य-अग्नि रूप नेत्रों वाले, अनन्त सूर्यों और चन्द्रमाओं की कान्तिवाले, व्याघ्रचर्मरूपी वस्त्र को धारण करने वाले, हाथ में मृग लिए हुए, भस्म से लेपित शरीर वाले, तिरछी त्रिपुण्ड्ररेखा से शोभायमान ललाट वाले, स्मित युक्त पाँच प्रकार के मुखवाले, वीरासन में विराजमान, अप्रमेय, अनादि, अनन्त, निष्कल, निर्गुण, शान्त, निरंजन, निर्दोष, हुंफट् उच्चारण करने वाले (भौतिक वस्तुओं का तिरस्कार करने वाले), सर्वदा शिव नामों को बोलते हुए, सुवर्ण जैसे हाथ वाले, सुवर्ण जैसे शरीरवाले, सुवर्ण जैसी कान्ति वाले, सुवर्ण की निधि ऐसे, अद्वैत, ब्रह्मा-विष्णु-महेश से भी परे रहने वाले, एकमात्र, आशा के स्थानरूप भगवान् महादेव शिव को बार-बार प्रणाम करके श्रीफल अर्पण कर, बिल्वपत्रों और भस्म के द्वारा उनकी पूजा करके मस्तक को नवाकर के दोनों हाथ जोड़कर पूछने लगे कि—"हे भगवन्! वेदों के तत्त्व का आधार लेकर मुझे त्रिपुण्ड्र की विधि बताइए कि जिससे अन्य किसी भी उपाय की अपेक्षा के बिना मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। उसके द्रव्य कौन-से हैं? उसके स्थान कौन-कौन-से हैं? हे भगवन्! इसके मंत्र आदि भी कौन-से होते हैं? कितनी बार करना पड़ता है? इसके अधिकारी कौन हैं? उसका नियम क्या है? यह सब मोक्ष की उपलब्धिकारक बात आप मुझ अन्तेवासी को कहिए कि जिससे मुझे मोक्ष प्राप्त हो"।

अथ स होवाच भगवान् परमेश्वरः परमकारुणिकः प्रमथान् सुरानपि सोऽन्वीक्ष्य ॥2॥

तब परमकारुणिक भगवान् महेश्वर ने जिन लोगों के ये ऊपर के छः प्रश्न थे उन गणों तथा देवों की ओर देखकर कहा कि—

पूतं प्रातरुदयाद् गोमयं ब्रह्मपर्णे निधाय त्र्यम्बकमिति मन्त्रेण शोषयेत्। येन केनापि तेजसा तत्स्वगृह्योक्तमार्गेण प्रतिष्ठाप्य वह्निं तत्र तद्गोमयद्रव्यं निधाय सोमाय स्वाहेति मन्त्रेण ततस्तिलव्रीहिभिः साज्यैर्जुहुयात्। अयं तेनाष्टोत्तरसहस्रं सार्धमेतद्वा। तत्राज्यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति। तेन न पापं शृणोति। तद्धोममन्त्रस्त्र्यम्बकमित्येव। अन्ते स्विष्टकृत् पूर्णाहुतिस्तेनैवाष्टदिक्षु बलिप्रदानम् ॥3॥

सूर्योदय से पहले प्रातःकाल में ब्रह्मपर्ण में (पलाश के पत्ते में) गोमय लेकर 'त्र्यम्बकं यजामहे....' इत्यादि मंत्र से उसका शोषण करना चाहिए (सुखाना चाहिए)। फिर अपने गृह्यसूत्र में बताए गए मार्ग के अनुसार वहाँ अग्नि का स्थापन करके, उसमें उस गोमय को डालकर 'सोमाय स्वाहा'—ऐसे मंत्र को पढ़कर उसमें घी के साथ मिलाए हुए अक्षतों द्वारा होम करना चाहिए। ऐसी एक हजार आठ आहुतियाँ अथवा इसकी सार्ध संख्या में आहुतियाँ देनी चाहिए। घी के लिए पलाशमयी जुहू चाहिए। उसका होम 'त्र्यम्बकं यजामहे.....' इस मंत्र से ही होगा। इससे वह पाप को नहीं सुनेगा (स्पर्श करेगा)। अन्त में स्विष्टकृत् पूर्णाहुति और आठों दिशाओं में बलिदान करना चाहिए।

तद्भस्म गायत्र्या संप्रोक्ष्य तद्धैमे राजते ताम्रे मृण्मये वा पात्रे निधाय रुद्रमन्त्रैः पुनरभ्युक्ष्य शुद्धदेशे संस्थापयेत्। ततो भोजयेद्ब्राह्मणान्। ततः स्वयं पूतो भवति ॥4॥

फिर उस भस्म का गायत्री मंत्र के द्वारा संप्रोक्षण करके, उसको सोने के, चाँदी के, ताँबे के या मिट्टी के बरतन में रखकर रुद्रमंत्रों के द्वारा फिर से उसका अभ्युक्षण (संप्रोक्षण) करके उसे पवित्र प्रदेश

में (शुद्ध स्थान में) रखना चाहिए। इसके बाद ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। इससे मनुष्य स्वयं पवित्र हो जाता है।

मानस्तोक इति सद्योजातमित्यादिपञ्चब्रह्ममन्त्रैर्भस्म संगृह्याग्निरिति भस्म वायुरिति भस्म जलमिति भस्म स्थलमिति भस्म व्योमेति भस्म देवा भस्म ऋषयो भस्म सर्वं ह वा एतदिदं भस्म पूतं पावनं नमामि सद्यः समस्ताघशासकमिति शिरसाऽभिनम्य पूते वामहस्ते वामदेवायेति निधाय त्र्यम्बकमिति संप्रोक्ष्य शुद्धं शुद्धेनेति सम्मृज्य संशोध्य तेनैवापादशीर्षमुद्धूलनमाचरेत्। तत्र ब्रह्ममन्त्राः पञ्च ॥5॥

फिर प्रतिदिन सन्ध्या आदि से पहले 'मानस्तोके' मंत्र तथा 'सद्योजातं' आदि पाँच मंत्रों से भस्म को लेकर 'अग्निरिति भस्म, वायुरिति भस्म, जलमिति भस्म, स्थलमिति भस्म, व्योमेति भस्म, देवा भस्म, ऋषयो भस्म, सर्वं ह वा एतदिदं भस्म, पूतं पावनं नमामि समस्ताघशासनम्'—इस प्रकार के मंत्रों से मस्तक नवाकर प्रणाम करके भस्म को 'वामदेवाय' इस मंत्र से बायें हाथ में रखकर, 'त्र्यम्बकं यजामहे' इस मंत्र से उसका सम्प्रोक्षण करके 'शुद्धं शुद्धेन' इत्यादि मंत्र द्वारा उसका सम्मार्जन (संशोधन) करके उस भस्म को चरण से लेकर मस्तक तक लगाना चाहिए। मूर्धा, ललाट, कंठ, दाएँ-बाएँ पार्श्व आदि में लगाना चाहिए। इस भस्मधारणविधि में 'सद्योजात' आदि पाँच ब्रह्ममंत्र होते हैं।

ततः शेषस्य भस्मनो विनियोगः। तर्जनीमध्यमानामिकाभिरग्नेर्भस्मासीति भस्म संगृह्य मूर्धानमिति मूर्धन्यग्रे न्यसेत् त्र्यम्बकमिति ललाटे नीलग्रीवायेति कण्ठे कण्ठस्य दक्षिणे पार्श्वे त्र्यायुषमिति वामेति कपोलयोः कालायेति नेत्रयोस्त्रिलोचनायेति श्रोत्रयोः शृणवामेति वक्त्रे प्रब्रवामेति हृदये आत्मन इति नाभौ नाभिरिति मन्त्रेण दक्षिणभुजमूले भवायेति तन्मध्ये रुद्रायेति तन्मणिबन्धे शर्वायेति तत्करपृष्ठे पशुपतय इति वामबाहुमूले उग्रायेति तन्मध्ये अग्रेवधायेति तन्मणिबन्धे दूरेवधायेति तत्करपृष्ठे नमो हन्त्र इति अंसे शंकरायेति यथाक्रमं भस्म धृत्वा सोमायेति शिवं नत्वा ततः प्रक्षाल्य तद्भस्मापः पुनन्त्विति पिबेत्। नाधो त्याज्यं नाधो त्याज्यम् ॥6॥

अब उस शेष भस्म के विनियोग की बात कहते हैं—तर्जनी, मध्यमा और अनामिका अँगुलियों से 'अग्नेर्भस्मासि' इस मंत्र से भस्म लेकर 'मूर्धानं' इत्यादि मंत्र द्वारा मूर्धा स्थान के आगे के भाग में लगाना चाहिए। 'त्र्यम्बकं' इत्यादि मंत्र द्वारा ललाट पर, 'नीलग्रीवाय' इत्यादि द्वारा कण्ठ पर और कण्ठ के दाहिने भाग में तथा 'त्र्यायुषं जमदग्ने' इत्यादि मंत्र द्वारा कण्ठ के बाँयें भाग में, 'वामे' आदि से कपोलों में, 'कालाय' आदि से दोनों आँखों पर, 'त्रिलोचनाय' आदि से दोनों कानों पर, 'शृणवाम' इत्यादि से मुख पर, 'प्रब्रवाम' इत्यादि के द्वारा हृदय पर, 'आत्मने' इत्यादि के द्वारा नाभि पर, 'नाभिः' आदि मंत्र के द्वारा दाहिने हाथ के मूल पर, 'भवाय' इत्यादि के द्वारा उसके बीच में, 'रुद्राय' इत्यादि द्वारा उसके (दाहिने हाथ के) मणिबन्ध में, 'शर्वाय' इत्यादि द्वारा उस हाथ के पृष्ठभाग में, 'पशुपतये' इत्यादि द्वारा बाएँ हाथ के मूल पर, 'उग्राय' इत्यादि द्वारा उसके बीच में, 'अग्रेवधाय' इत्यादि द्वारा उसके मणिबन्ध में, 'दूरेवधाय' इत्यादि द्वारा उस हाथ के पृष्ठ भाग में, 'नमो हन्त्रे' इत्यादि द्वारा कन्धे पर और बाद में 'शंकराय'—इस प्रकार क्रमानुसार भस्म धारण करके 'सोमाय' इत्यादि मन्त्र द्वारा शिव

को नमस्कार करके बाद में हाथ धोकर उस भस्म वाले पानी को 'आपः पुनन्तु' इस मंत्र को पढ़कर पी जाना चाहिए। इसको कभी नीचे नहीं गिरने देना चाहिए। कभी भी नीचे नहीं गिरने देना चाहिए।

एतन्मध्याह्नसायाह्नेषु त्रिकालेषु विधिवद्भस्मधारणमप्रमादेन कार्यम्। प्रमादात् पतितो भवति ॥7॥

इस प्रकार से यह भस्मधारण विधि मध्याह्न, सायं और सुबह में प्रमाद को छोड़कर करनी ही चाहिए। प्रमाद करने से मनुष्य पतित हो जाता है।

ब्राह्मणानामयमेव धर्मोऽयमेव धर्मः। एवं भस्मधारणमकृत्वा नाश्नीयादापोऽन्नमन्यद्वा। प्रमादात्त्यक्त्वा भस्मधारणं न गायत्रीं जपेत्। न जुहुयादग्नौ तर्पयेद्देवानृषीन् पित्रादीन्। अयमेव धर्मः सनातनः सर्वपापनाशको मोक्षहेतुः। नित्योऽयं धर्मो ब्राह्मणानां ब्रह्मचारिगृहिवानप्रस्थयतीनाम्। एतदकरणे प्रत्यवैति ब्राह्मणः ॥8॥

ब्राह्मणों का यही धर्म है, यही धर्म है। इस प्रकार भस्मधारण किए बिना ब्राह्मण को खाना नहीं चाहिए। अन्न या और कुछ भी खाना नहीं चाहिए और पीना भी नहीं चाहिए। प्रमाद से भस्म धारण नहीं किया गया हो, तो गायत्री का जाप भी नहीं करना चाहिए, अग्नि में होम भी नहीं करना चाहिए, देव-ऋषि और पितृओं का तर्पण भी नहीं करना चाहिए। यही सनातन धर्म है, यही मोक्ष का कारणरूप है, और सर्व पापों का नाश करने वाला है। ब्रह्मचारियों, गृहस्थों, वानप्रस्थों और यतियों का—सभी ब्रह्मनिष्ठों का यह नित्यधर्म है। इसका पालन न करने से ब्राह्मण को प्रत्यवाय लगता है।

अकृत्वा प्रमादेनैतदष्टोत्तरशतं जलमध्ये स्थित्वा गायत्रीं जप्त्वोपोषणेनैकेन शुद्धो भवति। यतिर्भस्मधारणं त्यक्त्वैकदोपोष्य द्वादशसहस्रप्रणवं जप्त्वा शुद्धो भवति। अन्यथेन्द्रो यतीन्सालावृकेभ्यः पातयति ॥9॥

यदि प्रमाद से यह भस्म धारण नहीं किया गया हो, तो जल के बीच खड़े रहकर, एक सौ आठ गायत्री मंत्रों का जप करके एक उपवास कर लेने से मनुष्य शुद्ध हो जाता है। यदि किसी यति ने भस्म धारण न किया हो, तो वह एक उपवास करके एक हजार प्रणवजाप करके शुद्ध हो जाता है। ऐसा नहीं करने पर इन्द्र ऐसे यतियों को सालावृकों के सामने फेंक देगा—वे हिंसक पशु उन्हें फाड़कर खा जाएँगे।

भस्मनो यद्यभावस्तदा नर्यभस्मदाहनजन्यमन्यद्वाऽवश्यं मन्त्रपूतं धार्यम् ॥10॥

यदि भस्म का अभाव हो तो नर्य भस्म (राख) या अन्य दाहजन्य कोई भी वस्तु को मंत्र से पवित्र करके अवश्य ही लगाना चाहिए।

एतत् प्रातः प्रयुञ्जानो रात्रिकृतात् पापात् पूतो भवति स्वर्णस्तेयात् प्रमुच्यते। मध्यन्दिने माध्यन्दिनं कृत्वोपस्थानान्तं ध्यायमान आदित्याभिमुखोऽधीयानः सुरापानात् पूतो भवति स्वर्णस्तेयात् पूतो भवति ब्राह्मणवधात् पूतो भवति गोवधात् पूतो भवत्यश्ववधात् पूतो भवति गुरुवधात् पूतो भवति मातृवधात् पूतो भवति पितृवधात् पूतो भवति। त्रिकालमेतत् प्रयुञ्जानः सर्ववेदपारायणफलमवाप्नोति सर्वतीर्थफल-

मश्नुते अनपब्रुवः सर्वमायुरेति । विन्दते प्राजापत्यं रायस्पोषं गौपत्यम् । एवमावर्तयेदुपनिषदमित्याह भगवान् सदाशिवः साम्बः सदाशिवः साम्बः ॥1 1॥

इति प्रथमोऽध्यायः ।

प्रात:काल में भस्म धारण करने वाला मनुष्य रात्रि में किए गए पापों से मुक्त हो जाता है । सोने की चोरी के पाप से मुक्त हो जाता है । मध्याह्न सन्ध्या में दोपहर का भस्म धारण करने वाला और सूर्योपस्थान तक ध्यान करने वाला और सूर्य के सम्मुख रहकर जाप करने वाला सुरापान के पाप से मुक्त होता है, स्वर्णचोरी के पाप से मुक्त होता है, ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त होता है, गोवध के पाप से मुक्त होता है, अश्व-वध के पाप से मुक्त होता है, गुरु-वध के पाप से मुक्त होता है, मातृवध के पाप से मुक्त होता है, पितृवध के पाप से मुक्त होता है । तीनों काल में इसे करने वाला सभी वेदों के पारायण का फल प्राप्त करता है । वह सभी तीर्थों का फल भोगता है । वह निन्दारहित पूर्ण आयुष्य प्राप्त करता है । वह प्रजा, धन, सम्पत्ति और पशु आदि सब कुछ प्राप्त करता है । (सबका स्वामी होता है) यह उपनिषत् कह रही है कि हमेशा ही 'साम्बः सदाशिवः साम्बः' इस मंत्र का आवर्तन करते ही रहना चाहिए ।

इस प्रकार यहाँ पहला अध्याय पूरा हुआ ।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

अथ भुसुण्डो जाबालो महादेवं साम्बं प्रणम्य पुनः पप्रच्छ किं नित्यं ब्राह्मणानां कर्तव्यं यदकरणे प्रत्यवैति ब्राह्मणः । कः पूजनीयः । को वा ध्येयः । कः स्मर्तव्यः । कथं ध्येयः । क्व स्थातव्यमेतद्ब्रूहीति ॥1॥

अब भुसुण्ड जाबाल, अम्बासहित महादेव को प्रणाम करके फिर से पूछने लगे कि—"ब्राह्मणों का नित्य कर्तव्य क्या है कि जिसके न करने से ब्राह्मण को प्रत्यवाय लगता है ? पूजनीय कौन है ? किसका ध्यान करना चाहिए ? किसका स्मरण करना चाहिए ? ध्यान किस तरह करना चाहिए ? कहाँ रहना चाहिए ?—यह सब बताइए ।

समासेन तं होवाच । प्रागुदयान्निर्वर्त्य शौचादिकं ततः स्नायात् । मार्जनं रुद्रसूक्तैः । ततश्चाहतं वासः परिधत्ते पाप्मनोऽपहृत्यै । उद्यन्तमादित्यमभिध्यायन्नुद्धूलिताङ्गं कृत्वा यथास्थानं भस्मना त्रिपुण्ड्रं श्वेतेनैव रुद्राक्षाञ्छ्वेतान् बिभृयात् । नैतत् संमर्शः । तथाऽन्ये । मूर्ध्नि चत्वारिंशत् । शिखायामेकं त्रयं वा । श्रोत्रयोर्द्वादश । कण्ठे द्वात्रिंशत् । बाह्वोः षोडशषोडश । द्वादशद्वादश मणिबन्धयोः । षट्षडङ्गुष्ठयोः । ततः सन्ध्यां सकुशोऽहरहरुपासीत । अग्निर्ज्योतिरित्यादिभिरग्नौ जुहुयात् ॥2॥

तब शिव ने संक्षेप से उन्हें बताया कि सूर्योदय के पहले ही शौचादि क्रियाओं को सम्पन्न करके स्नान कर लेना चाहिए । फिर रुद्रसूक्तों के द्वारा मार्जन करना चाहिए । इसके बाद पाप की निवृत्ति के लिए फटा न हो ऐसा वस्त्र धारण करना चाहिए । बाद में उदीयमान सूर्य का ध्यान करते हुए भस्मलेपन

करके योग्य स्थानों पर श्वेत भस्म का त्रिपुण्ड्र करना चाहिए । और श्वेत रुद्राक्षों को ही धारण करना चाहिए । यहाँ कोई खास संमर्श (द्रव्यों का) नहीं अन्य भी (काल्पनिक) होते हैं । मस्तक पर चालीस रुद्राक्ष धारण करने चाहिए । शिखा में एक या तीन धारण करने चाहिए । दोनों कानों में बारह-बारह रुद्राक्ष धारण करने चाहिए । कण्ठ में बत्तीस, दोनों हाथों में सोलह-सोलह, दोनों मणिबन्धों में बारह-बारह, दोनों अँगूठों में छः-छः रुद्राक्ष धारण करने चाहिए । और बाद में नित्य ही कुश घास के साथ सन्ध्या की उपासना करनी चाहिए और 'अग्निर्ज्योति'—इत्यादि मंत्रों से अग्नि में होम करना चाहिए ।

शिवलिङ्गं त्रिसन्ध्यमभ्यर्च्यं कुशेष्वासीनो ध्यात्वा साम्बं मामेव वृषभारूढं हिरण्यबाहुं हिरण्यवर्णं हिरण्यरूपं पशुपाशविमोचकं पुरुषं कृष्णपिङ्गलमूर्ध्वरेतं विरूपाक्षं विश्वरूपं सहस्राक्षं सहस्रशीर्षं सहस्रचरणं विश्वतोबाहुं विश्वात्मानमेकमद्वैतं निष्कलं निष्क्रियं शान्तं शिवमक्षरमव्ययं हरिहरहिरण्यगर्भस्रष्टारमप्रमेयमनाद्यन्तं रुद्रसूक्तैरभिषिच्य सितेन भस्मना श्रीफलदलैश्च त्रिशाखैरार्द्रैरनार्द्रैर्वा । नैतत्र संस्पर्शः । तत्पूजासाधनं कल्पयेच्च नैवद्यम् । ततश्चैकादशगुणरुद्रो जपनीयः । एकगुणोऽनन्तः ॥3॥

तीनों सन्ध्याओं में शिवलिंग की पूजा करके कुशासन पर बैठकर मेरा ऐसा ध्यान करना चाहिए कि—मैं उमासहित, वृषभ पर आरूढ़, सुवर्णवर्ण के हाथों वाला, हिरण्यवर्ण, हिरण्यरूप, पशुओं को पाशों से छुड़ाने वाला, कृष्णपिंगल पुरुषरूप, ऊर्ध्वरेता, विरूपाक्ष, विश्वरूप, हजार आँखों वाला, हजार मस्तकों वाला, हजार पैरों वाला, चारों ओर हाथ वाला, विश्वात्मा, एक, अद्वैत, अंशरहित, क्रियारहित, शान्त, शिव, अक्षर, अव्यय, हरिहर और हिरण्यगर्भ का सर्जक, अप्रमेय, अनादि, अनन्त हूँ, ऐसे मेरा रुद्रसूक्त से अभिषेक करके सफेद भस्म से, श्रीफल से, त्रिशाखी बिल्वपत्रों से (आर्द्र हो या अनार्द्र हो) इनसे मेरी पूजा करनी चाहिए । यहाँ कोई भौतिक द्रव्य नहीं (स्पर्श नहीं) है । पूजा के साधनों की और नैवेद्य की केवल कल्पना ही करनी चाहिए । इसके बाद एकादशगुण युक्त रुद्र का जाप करना चाहिए । एकगुण तो अनन्त है ।

षडक्षरोऽष्टाक्षरो वा शैवो मन्त्रो जपनीयः । ओमित्यग्रे व्याहरेत् । नम इति पश्चात् । ततः शिवायेत्यक्षरत्रयम् । ओमित्यग्रे व्याहरेत् । नम इति पश्चात् । ततो महादेवायेति पञ्चाक्षराणि । नातस्तारकः परमो मन्त्रः । तारकोऽयं पञ्चाक्षरः । कोऽयं शैवो मनुः । शैवस्तारकोऽयमुपदिश्यते मनुरविमुक्ते शैवेभ्यो जीवेभ्यः । शैवोऽयमेव मन्त्रस्तारयति । स एव ब्रह्मोपदेशः ॥4॥

षडक्षरी या अष्टाक्षरी शिवमंत्र का जाप करना चाहिए । सभी मंत्रों के आगे 'ओम्' लगाना चाहिए एवं सभी मंत्रों के पीछे 'नमः' भी बोलना चाहिए । इसके बाद शिवाय, ये तीन अक्षर (बीच में) बोलने चाहिए । यह एक तारक मंत्र है । तो फिर वह कौन सा मंत्र है ? यह तारक शिवमंत्र कहा जा रहा है । प्रथम ओम् बोलना चाहिए, अन्त में 'नमः' बोलना चाहिए, बीच में 'महादेवाय' ये पाँच अक्षर बोलने चाहिए । इससे बड़ा कोई तारक मंत्र नहीं है । यह तारक शिवमंत्र कौन-सा है ? यह शैवतारक मंत्र शैव जीवों को अविमुक्त समय में उपदिष्ट किया जाता है । यह शैव तारकमंत्र ही पार उतारता है । यही ब्रह्मोपदेश है ।

ब्रह्म सोमोऽहं पवनः सोमोऽहं पवते सोमोऽहं जनिता मतीनां सोमोऽहं जनिता पृथिव्याः सोमोऽहं जनिताऽग्नेः सोमोऽहं जनिता सूर्यस्य सोमोऽहं जनितेन्द्रस्य सोमोऽहं जनितोत विष्णोः सोमोऽहमेव जनिता स यश्चन्द्रमसो देवानां भूर्भुवःस्वरादीनां सर्वेषां लोकानां च ॥5॥

मैं जो ब्रह्मस्वरूप हूँ, तो ब्रह्म कैसा है ? मैं उमासहित हूँ, मैं ब्रह्म हूँ। जो सूत्ररूप से पवन होकर सबको पवित्र कर देता है। मैं वह उमासहित ब्रह्म हूँ जो मति आदि को जन्म देने वाला है। मैं वह उमासहित परमेश्वर हूँ जो अग्नि का जनक है, पृथ्वी का जनक सोम है, अग्नि का जनक सोम है। मैं सूर्य का जनक सोम हूँ। मैं इन्द्र का जनक सोम हूँ। मैं ही विष्णु का जनक उमासहित ईश्वर हूँ। इस चन्द्रमा का भूः भुवः स्वः—आदि सभी लोकों का उत्पन्न करने वाला उमासहित मैं ही—ईश्वर जनक हूँ।

विश्वं भूतं भुवनं चित्रं बहुधा जातं जायमानं च यत्।
सर्वस्य सोमोऽहमेव जनिता विश्वाधिको रुद्रो महर्षिः ॥6॥

भाँति-भाँति प्रकार से बना हुआ यह विश्व और यह भुवन जो उत्पन्न हो चुका है और अभी उत्पन्न हो रहा है, उस सबका उत्पन्न करने वाला मैं ही उमासहित (शक्तिसहित) ब्रह्म हूँ। मैं जन्मदाता के रूप में विश्व का कारण होते हुए भी कारणातीत हूँ (मैं सर्वकारण होने पर भी सर्वातीत) विश्वाधिक ही हूँ। मैं ऐसा रुद्र हूँ, मैं महर्षि हूँ।

हिरण्यगर्भादीनहं जायमानान् पश्यामि। यो रुद्रो अग्नौ यो अप्सु य ओषधीषु यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेशैवमेव। अहमेवात्माऽन्तरात्मा ब्रह्मज्योतिर्यस्मान्न मत्तोऽन्यः परः। अहमेव परो विश्वाधिकः ॥7॥

उत्पन्न होते हुए हिरण्यगर्भ आदि को मैं देखता हूँ। जो रुद्र अग्नि में है, जो पानी में है, जो औषधियों में है, जो रुद्र सभी विश्व में, सभी भुवनों में, यों ही अन्तर्यामी के रूप में प्रविष्ट होकर स्थित है, वह मैं ही हूँ। मैं ही आत्मा हूँ, मैं अन्तरात्मा हूँ, मैं ही ब्रह्मज्योति हूँ, ऐसे मुझसे कुछ और कोई अन्य है ही नहीं। मैं ही परम और मैं ही विश्वातीत भी हूँ।

मामेव विदित्वाऽमृतत्वमेति तरति शोकम्। मामेव विदित्वा सांसृतिकीं रुजं द्रावयति तस्मादहं रुद्रो यः सर्वेषां परमा गतिः सोऽहं सर्वाकारः ॥8॥

मुझे जानकर ही मनुष्य मृत्यु को और शोक को पार कर जाता है। मुझे जानकर ही मनुष्य इस संसार के रोग को पिघला देता है। (द्रवित करता है)। इसीलिए मैं रुद्र (रुज् + द्र) कहलाता हूँ। मैं ही सर्व की गति (अन्तिम लक्ष्य) हूँ, मैं ही सर्वाकारमय हूँ।

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। येन जातानि जीवन्ति। यत् प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तं मामेव विदित्वोपासीत। भूतेभिर्देवेभिरभिष्टुतोऽहमेव ॥9॥

भीषा वातः पवते। भीषोदेति सूर्यः। भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च ॥10॥

सोमोऽत एव योऽहं सर्वेषामधिष्ठाता सर्वेषां च भूतानां पालकः। सोऽहं पृथिवी। सोऽहमापः। सोऽहं तेजः। सोऽहं वायुः। सोऽहं कालः। सोऽहं दिशः। सोऽहमात्मा। मयि सर्वं प्रतिष्ठितम् ॥11॥

जिससे ये भूतप्राणी उत्पन्न होते हैं, जिससे उत्पन्न होकर जीते हैं, और जाते हुए जिसमें विलीन होते हैं, ऐसे मुझे ही जानकर मेरी उपासना करनी चाहिए। प्राणियों और देवों द्वारा स्तुति किया जाने वाला मैं ही हूँ। इसके भय से वायु बहती है, इसके डर से सूर्य उदित होता है, इसी के डर से अग्नि, इन्द्र और सोम अपना-अपना कार्य कर रहे हैं, वह उमा (शक्ति सहित मैं) शिव ही सब कुछ हूँ। इसीलिए मैं सबका अधिष्ठाता हूँ। मैं सब प्राणियों का पालक हूँ। वही मैं पृथ्वी हूँ, वही मैं जल हूँ, वही मैं तेज हूँ, वही मैं वायु हूँ, वहीं मैं काल हूँ, वही मैं दिशाएँ हूँ, वही मैं आत्मा हूँ। मुझ ही में यह सब-कुछ प्रतिष्ठित होकर रहता है।

ब्रह्मविदाप्नोति परम्। ब्रह्मा शिवो मे अस्तु सदाशिवोम् ॥12॥
अचक्षुर्विश्वतश्चक्षुरकर्णो विश्वतःकर्णोऽपादो विश्वतःपादोऽपाणिर्विश्वतःपाणिरहमशिरा विश्वतःशिरा विद्यामन्त्रैकसंश्रयो विद्यारूपो विद्यामयो विश्वेश्वरोऽहमजरोऽहम् ॥13॥
मामेवं विदित्वा संसृतिपाशात् प्रमुच्यते। तस्मादहं पशुपाशविमोचकः। पशवश्चामानवान्तं मध्यवर्तिनश्च युक्तात्मानो यतन्ते मामेव प्राप्तुम्। प्राप्यन्ते मां न पुनरावर्तन्ते ॥14॥

ऐसे ब्रह्म को जानने वाला परमपद को प्राप्त करता है। जो मैं ब्रह्मा के रूप में हूँ वही मैं सर्वात्मभाव से शिव भी तो हूँ। क्योंकि 'ओम्' (अ, उ, म) यह परब्रह्मवाचक है। यह परमतत्त्व चक्षुरहित होते हुए भी सभी ओर चक्षुवाला है, श्रोत्रहीन होते हुए भी चारों ओर श्रोत्र वाला है, चरणरहित होने पर भी चारों तरफ चरण वाला है, उसके हाथ न होने पर भी चारों ओर हाथ वाला है, वह आत्मारूप मैं मस्तकरहित होते हुए भी चारों तरफ मस्तक वाला हूँ। सभी विद्याओं और मंत्रों का मैं आश्रयस्थान हूँ। मैं विद्यामय, विद्यारूप और मैं विश्वेश्वर, अजर और अमर हूँ। इस प्रकार मुझे (आत्मा को) जानकर मनुष्य संसार के पाश से मुक्त हो जाता है। इसलिए मैं पशु (प्राणियों के) पाशों का विमोचक (मुक्त करने वाला) कहलाता हूँ। मानवों से लेकर सभी मध्यवर्ती प्राणी प्रयत्न करते हुए मुझमें ही अपनी आत्मा को जोड़कर मुझे ही प्राप्त करने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं और अन्त में मुझे प्राप्त कर फिर इस धरती पर (जगत् में) वापिस नहीं लौटते।

त्रिशूलायां काशीमधिश्रित्य त्यक्तासवोऽपि मय्येव संविशन्ति। प्रज्वलद्वह्निगं हविर्यथा न यजमानमासादयति तथाऽसौ त्यक्त्वा कुणपं न तत्तादृशं पुरा प्राप्नुवन्ति। एष एवादेशः। एष उपदेशः। एष एव परमो धर्मः ॥15॥

अन्तिम श्वास लेते समय त्रिशूल में स्थित काशीनगरी में प्राणों को छोड़ने वाले लोग भी मुझमें ही प्रविष्ट होते हैं। प्रज्वलित अग्नि में रखे गए होमद्रव्य जिस तरह यजमान को फिर से प्राप्त नहीं होते, वैसे ही यहाँ एक बार छोड़ा हुआ शरीर फिर से प्राप्त नहीं होता। यही आज्ञा है, यही उपदेश है। यही परमधर्म है।

सत्यात्तत्र कदाचिन्न प्रमदितव्यं तत्रोद्धूलनत्रिपुण्ड्राभ्याम्। तथा रुद्राक्षधारणात्तथा मदर्चनाच्च। प्रमादेनापि नान्तर्देवसदने पुरीषं कुर्यात्। व्रतान्न प्रमदितव्यम्। तद्धि तपस्तद्धि तपः काश्यामेव मुक्तिकामानाम् ॥16॥

न तत्त्याज्यं न तत्त्याज्यं मोचकोऽहमविमुक्ते निवसताम्। नाविमुक्तात् परं स्थानं नाविमुक्तात् परं स्थानम् ॥17॥

ऐसे उस काशीवास के काल में सत्य में कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। भस्म धारण करने में तथा त्रिपुण्ड्र लगाने में भी प्रमाद नहीं करना चाहिए। रुद्राक्ष को धारण करने में और मेरे पूजन में कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। प्रमाद से भी कभी देवमंदिर में मलत्याग नहीं करना चाहिए। व्रत में भी कभी प्रमाद नहीं करना चाहिए। काशी में रहकर मुक्ति पाने की इच्छा करने वालों के लिए यही तप है, उसको कभी छोड़ना नहीं चाहिए। मैं अविमुक्तक्षेत्र का मुक्तिदाता हूँ। अविमुक्तपद से परमपद कोई नहीं है। अविमुक्तक्षेत्र परम क्षेत्र है।

काश्यां स्थानानि चत्वारि। तेषामभ्यर्हितमन्तर्गृहम्। तत्राप्यविमुक्तमभ्यर्हितम्। तत्र स्थानानि पञ्च। तन्मध्ये शिवागारमभ्यर्हितम्। तत्र प्राच्यामैश्वर्यस्थानम्। दक्षिणायां विचालनस्थानम्। पश्चिमायां वैराग्यस्थानम्। उत्तरायां ज्ञानस्थानम्। तस्मिन् यदन्तर्निर्लिप्तमव्ययमनाद्यन्तमशेषवेदवेदान्तवेद्यमनिर्देश्यमनिरुक्तमप्रच्यवमाशास्यमद्वैतं सर्वाधारमनाधारमनिरीक्ष्यमहरहर्ब्रह्मविष्णुपुरन्दराद्यमरवरसेवितं मामेव ज्योतिःस्वरूपं लिङ्गं मामेवोपासितव्यं तदेवोपासितव्यम् ॥18॥
नैव भासयन्ति तल्लिङ्गं भानुश्चन्द्रोऽग्निर्वायुः स्वप्रकाशं विश्वेश्वराभिधं पातालमधितिष्ठति। तदेवाहम् ॥19॥

काशी में चार स्थान हैं। उनमें भी श्रेष्ठ स्थान अन्तर्गृह है। उससे भी श्रेष्ठ अविमुक्तस्थान है। वहाँ पाँच स्थान हैं। उनके बीच जो शिवागार है वह श्रेष्ठ है। वहाँ पूर्व में ऐश्वर्यस्थान है, दक्षिण में विचालनस्थान है, पश्चिम में वैराग्यस्थान है, उत्तर में ज्ञानस्थान है। उसमें जो अन्तर् में निर्लिप्त है, अव्यय है, अनादि है, अनन्त है, सभी वेद-वेदान्त से जो वेद्य है, जो अव्यक्त, अदृश्य, अनिरुक्त, अप्रच्यव (अच्युत) है, जो अद्वैत है, जो सबका आधाररूप है, जो देखा नहीं जा सकता, जो ब्रह्मा, विष्णु, पुरन्दर आदि श्रेष्ठ देवों के द्वारा बार-बार सेवित होता है, ऐसे ज्योतिस्वरूप मेरी ही (लिंग के रूप में) उपासना करनी चाहिए। मैं ही उपासना के योग्य हूँ। सूर्य, चन्द्र, अग्नि और वायु उस लिंग को प्रकाशित नहीं कर सकते। क्योंकि वह तो स्वप्रकाशित है। विश्वेश्वर नाम का यह लिंग पाताल में अधिष्ठित है। वही मैं हूँ।

तत्रार्चितोऽहं साक्षादर्चितः। त्रिशाखैर्बिल्वदलैर्दीप्तैर्वा योऽभिसंपूजयेन्मन्मना मय्याहितासुर्मय्येवार्पिताखिलकर्मा भस्मदिग्धाङ्गो रुद्राक्षभूषणो मामेव सर्वभावेन प्रपन्नो मदेकपूजानिरतः सम्पूजयेत् तदहमश्नामि तं मोचयामि संसृतिपाशात्। अहरहरभ्यर्च्य विश्वेश्वरं लिङ्गं तत्र रुद्रसूक्तैरभिषिच्य तदेव स्नपनं पयस्त्रिः पीत्वा महापातकेभ्यो मुच्यते न शोकमाप्नोति मुच्यते संसारबन्धनात् ॥20॥

वहाँ मैं पूजा जाता हूँ, साक्षात् ही पूजा जाता हूँ। तीन शाखा वाले बिल्वपत्रों से अथवा दीपों से जो मनुष्य मेरी पूजा करता है, वह मुझमें मन रखने वाला, मुझमें ही प्राण रखने वाला, मुझमें ही अपने सभी कर्मों को समर्पित कर देने वाला, भस्म से लेपित अंग वाला, रुद्राक्ष के भूषणवाला, सर्व भाव से मेरी ही शरण में आया हुआ, मेरी एक की ही पूजा में तल्लीन होकर मुझे पूजता है। उसका दिया हुआ मैं खाता (भोगता) हूँ। उसको मैं संसार के बन्धन से मुक्त करता हूँ। इस विश्वेश्वर के लिंग

की प्रतिदिन पूजा करके, वहाँ रुद्रसूक्तों के द्वारा अभिषेक करके उसी स्नान का पानी तीन बार पीकर बड़े-बड़े पापों से भी वह मनुष्य मुक्त हो जाता है। वह कभी शोक को प्राप्त नहीं होता। वह संसार के बन्धनों से मुक्त हो जाता है।

तदनभ्यर्च्य नाश्नीयात् फलमन्नमन्यद्वा। यदश्नीयाद्रेतोभक्षी भवेत्। नापः पिबेत्। यदि पिबेत् पूयपः भवेत्। प्रमादेनैकदा त्वनभ्यर्च्य मां भुक्त्वा भोजयित्वा केशान् वापयित्वा गव्यानां पञ्च संगृह्योपोष्य जले रुद्रस्नानम्। जपेत्त्रिवारं रुद्रानुवाकम्। आदित्यं पश्यन्नभिध्यायन् स्वकृतकर्मकृद्भिरेव मन्त्रैः कुर्यान्मार्जनम्। ततो भोजयित्वा ब्राह्मणान् पूतो भवति। अन्यथा परेतो यातनामश्नुते। पत्रैः फलैर्वा जलैर्वाऽन्यैर्वाऽभिपूज्य विश्वेश्वरं मां ततोऽश्नीयात् ॥21॥

उसकी पूजा किए बिना अन्न, फल या और कुछ भी खाना नहीं चाहिए। यदि कोई खाता है तो वह वीर्यभक्षी होगा। पानी भी नहीं पीना चाहिए। यदि कोई पीता है तो वह पूयप (पीव को पीने वाला) होता है। प्रमादवश एक दिन भी मेरी पूजा किए बिना खाए-खिलाए जाने पर केशों का मुण्डन करवाकर पाँच गव्यों का संग्रह करके, उपवास करके जल में रुद्रस्नान करना चाहिए तथा तीन बार रुद्रानुवाक का जाप करना चाहिए। फिर सूर्य की ओर देखकर उसका ध्यान करके अपने किए गए कर्म के लिए रुद्रमंत्रों से ही मार्जन करना चाहिए। बाद में ब्राह्मणों को भोजन कराकर वह पवित्र (मुक्त) होता है। ऐसा न करने पर वह मरण के बाद यातना भोगता है। इसलिए मुझ विश्वेश्वर को पत्रों से, फलों से या जल अथवा अन्य पदार्थों से पूजकर बाद में ही खाना (पीना) चाहिए।

कापिलेन पयसाऽभिषिच्य रुद्रसूक्तेन मामेव शिवलिङ्गरूपिणं ब्रह्महत्यायाः पूतो भवति। कापिलेन दध्नाऽभिषिच्य सुरापानात् पूतो भवति। कापिलेनाज्येनाभिषिच्य स्वर्णस्तेयात् पूतो भवति। मधुनाऽभिषिच्य गुरुदारगमनात् पूतो भवति। सितया शर्करयाऽभिषिच्य सर्वजीववधात् पूतो भवति ॥22॥
क्षीरादिभिरेतैरभिषिच्य सर्वानवाप्नोति कामान्। इत्येकैकं महाप्रस्थशतं महाप्रस्थशतमानैः शतैराभपूज्य मुक्तो भवति संसारबन्धनात् ॥23॥

कपिलवर्णी गाय के दूध से रुद्रसूक्त के द्वारा शिवलिंग स्वरूप मेरा अभिषेक करके मनुष्य ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हो जाता है। कपिला गाय के दही से अभिषेक करने वाला सुरापान के पाप से मुक्त होता है। कपिला के घी से पूर्वोक्त रूप से अभिषेक करने वाला सोने की चोरी के पाप से मुक्त होता है। मधु से अभिषेक करने वाला गुरुपत्नी से किए गए व्यभिचार के पाप से मुक्त होता है। सफेद शर्करा से अभिषेक करने वाला सभी प्राणियों की हत्या से मुक्त हो जाता है। इस प्रकार दूध आदि से अभिषेक करके मनुष्य अपने सभी मनोरथों को पूर्ण करता है। ऐसा करने के लिए उसे पूर्वोक्त अभिषेकों से प्रत्येक के लिए सौ महाप्रस्थ करने चाहिए। (बत्तीस पल तक के समय को प्रस्थ कहते हैं और ऐसे सौ प्रस्थों को महाप्रस्थ कहा जाता है—यह कालपरिमाण है।) इस प्रकार सौ महाप्रस्थों के कालपरिमाण तक अभिषेक करके (पूजा करके) मनुष्य संसार-बन्धनों से मुक्त हो जाता है।

मामेव शिवलिङ्गरूपिणमार्द्रायां पौर्णमास्यां वाऽमावास्यायां वा महाव्यतीपाते ग्रहणे संक्रान्तावभिषिच्य तिलैः सतण्डुलैः सयवैः सम्पूज्य

बिल्वदलैरभ्यर्च्य कापिलेना[ला]ज्यान्वितगन्धसारधूपैः परिकल्प्य दीपं नैवेद्यं साज्यमुपहारं कल्पयित्वा दद्यात् पुष्पाञ्जलिम्। एवं प्रयतोऽभ्यर्च्य मम सायुज्यमेति ॥24॥

शिवलिंगरूप ऐसे मुझको आर्द्रा नक्षत्र में, अमावास्या या पौर्णमासी में, व्यतिपात में, ग्रहण में और संक्रान्ति में अभिषेक करके यव और तण्डुल के साथ तिलों के द्वारा पूजकर बिल्वदलों से मेरी अभ्यर्चना करके कपिला गाय के घी से युक्त गन्धसार आदि की परिकल्पना करके, दीप, घी सहित (घी युक्त) नैवेद्य और उपहार देना चाहिए। बाद में पुष्पांजलि देनी चाहिए। इस प्रकार प्रयत्नशील मनुष्य (साधक) मेरी पूजा करके मेरे साथ सायुज्य को प्राप्त कर लेता है।

शतैर्महाप्रस्थैरखण्डैस्तण्डुलैरभिषिच्य चन्द्रलोककामश्चन्द्रलोकमवाप्नोति। तिलैरेतावद्भिरभिषिच्य वायुलोककामो वायुलोकमवाप्नोति। माषैरेतावद्भिरभिषिच्य वरुणलोककामो वरुणलोकमवाप्नोति। यवैरेतावद्भिरभिषिच्य सूर्यलोककामः सूर्यलोकमवाप्नोति। एतैरेतावद्भिर्द्विगुणैरभिषिच्य स्वर्गलोककामः स्वर्गलोकमवाप्नोति। एतैरेतावद्भिश्चतुर्गुणैरभिषिच्य ब्रह्मलोककामो ब्रह्मलोकमवाप्नोति। एतैरेतावद्भिः शतगुणैरभिषिच्य चतुर्जालं ब्रह्मकोशं यन्मृत्युर्नावपश्यति। तमतीत्य मल्लोककामो मल्लोकमवाप्नोति नान्यं मल्लोकात् परं यमवाप्य न शोचति न स पुनरावर्तते न स पुनरावर्तते ॥25॥

अखण्ड तण्डुलों (अक्षतों) के द्वारा सौ महाप्रस्थ तक अभिषेक करके चन्द्रलोक की कामना करने वाला मनुष्य चन्द्रलोक को प्राप्त होता है। इतने ही तिलों के द्वारा इतने ही कालपरिमाण तक अभिषेक करके वायुलोक की कामना करने वाला वायुलोक को प्राप्त होता है। इतने ही माषों (उड़दों) के द्वारा अभिषेक करके वरुणलोक की कामना करने वाला वरुणलोक की प्राप्ति करता है। इतने ही यवों से अभिषेक करके सूर्यलोक की कामना करने वाला सूर्यलोक को प्राप्त करता है। और उससे दुगुनी संख्या में यवों से ही अभिषेक करने वाला स्वर्ग की कामना करने वाला मनुष्य स्वर्गलोक की प्राप्ति करता है। इन्हीं यवों की चार गुनी संख्या से अभिषेक करके ब्रह्मलोक की कामना करने वाला ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। इन्हीं से सौ गुनी संख्या में इतने कालपरिमाण तक अभिषेक करके वह चतुर्जाल रूप मृत्यु के ब्रह्मकोश को नहीं देखेगा। (स्थूल, सूक्ष्म, बीज और अर्धमात्रा—यह व्यष्टिसमष्टिगत चतुर्जाल युक्त ब्रह्मकोश है।) वह उसको लाँघकर मेरे लोक की कामना वाला होकर मेरे लोक को ही प्राप्त करता है। मेरे लोक से परे तो कोई लोक है ही नहीं। उसको प्राप्त करके वह कभी शोक को प्राप्त नहीं होता और फिर से उसका यहाँ आना नहीं होता, वह फिर से यहाँ आता ही नहीं।

लिङ्गरूपिणं मां सम्पूज्य चिन्तयन्ति योगिनः सिद्धाः सिद्धिं गताः यजन्ति यज्वानः। मामेव स्तुवन्ति वेदाः साङ्गाः सोपनिषदः सेतिहासाः। न मत्तोऽन्यदहमेव सर्वम्। मयि सर्वं प्रतिष्ठितम्। ततः काश्यां प्रयतैरेवाहमन्वहं पूज्यः ॥26॥

तत्र गणा रौद्रानना नानामुखा नानाशस्त्रधारिणो नानारूपधरा नानाचिह्नितः। ते सर्वे भस्मदिग्धाङ्गा रुद्राक्षाभरणाः कृताञ्जलयो नित्यमभिध्यायन्ति। तत्र पूर्वस्यां दिशि ब्रह्मा कृताञ्जलिरहर्निशं मामुपास्ते। दक्षिणस्यां दिशि विष्णुः कृत्वैव मूर्धाञ्जलिं मामुपास्ते।

प्रतीच्यामिन्द्रः सन्नताङ्ग उपास्ते। उदीच्यामग्निकायमुमाऽनुरक्ता हेमाङ्गविभूषणा हेमवस्त्रा मामुपासते मामेव देवाश्चतुर्मूर्तिधराः ॥27॥

लिंगस्वरूपी मेरी पूजा करके सिद्धि को प्राप्त हुए सिद्धयोगी मेरा ही चिन्तन करते हैं, याज्ञिक लोग मेरा ही यज्ञ करते हैं, षडंगों के साथ, उपनिषदों के साथ, इतिहास के साथ सभी वेद मेरी ही स्तुति करते हैं। मेरे सिवा कुछ है ही नहीं, मैं ही सब कुछ हूँ। यह सब कुछ मुझमें ही स्थित है। इसलिए काशी में प्रयत्नशील साधकों के द्वारा मैं ही पूजा जाने योग्य हूँ। इसलिए रौद्र (भयंकर) मुँहवाले, विविध प्रकार को मुखवाले, विविध शस्त्रों को धारण किए हुए, विविध स्वरूपों को धारण करने वाले, विविध चिह्नों वाले मेरे गण, यहाँ भस्म से अंगों को लेप करते हुए, रुद्राक्ष के आभूषण पहने हुए हाथ जोड़कर हमेशा मेरा ध्यान करते हैं। यहाँ पूर्व दिशा में ब्रह्मा हाथ जोड़कर सर्वदा मेरी उपासना करते हैं, दक्षिण दिशा में विष्णु मस्तक पर हाथ की अंजलि रखे हुए मेरी उपासना करते हैं। पश्चिम में इन्द्र शरीर को पूरा नवा कर मेरी उपासना करते हैं और उत्तर में सुवर्णवसना अंगों पर सुवर्ण के आभूषण पहनी हुई अनुरक्ता उमा अग्निकायायुक्त मेरी उपासना करती है। ये चार मूर्ति को धारण करने वाले देव (ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और इन्द्र) मेरी ही उपासना करते हैं।

दक्षिणायां दिशि मुक्तिस्थानं तन्मुक्तिमण्डपसंज्ञितम्। तत्रानेकगणाः पालकाः सायुधाः पापघातकाः। तत्र ऋषयः शाम्भवाः पाशुपता महाशैवा वेदावतंसं शैवं पञ्चाक्षरं जपन्तस्तारकं सप्रणवं मोदमानास्तिष्ठन्ति। तत्रैका रत्नवेदिका। तत्राहमासीनः काश्यां त्यक्तकुणपाञ्छैवानानीय स्वस्याङ्के सन्निवेश्य भसितरुद्राक्षभूषितानुपस्पृश्य मा भूदेतेषां जन्म मृतिश्चेति तारकं शैवं मनुमुपदिशामि। ततस्ते मुक्ता मामनुविशन्ति विज्ञानमयेनाङ्गेन। न पुनरावर्तन्ते हुताशनप्रतिष्ठं हविरिव। तत्रैव मुक्त्यर्थमुपदिश्यते शैवोऽयं मन्त्रः पञ्चाक्षरः। तन्मुक्तिस्थानम्। तत् ओंकाररूपम्। ततो मदर्पितकर्मणां मदाविष्टचेतसां मद्रूपता भवति। नान्येषामियं ब्रह्मविद्येयं ब्रह्मविद्या ॥28॥

दक्षिण दिशा में एक 'मुक्तिमण्डप' नाम का मुक्तिस्थान है। उसके पालक-रक्षक अनेक गण हैं। वे अनेक शस्त्रों को धारण किए हुए हैं, वे पाप के घातक हैं। वहाँ शंभु के भक्त कई पाशुपत, महाशैव, ऋषि लोग वेदों के प्रधान रूप पंचाक्षर शैव मंत्र को जपते हुए—प्रणवसहित उस तारक मंत्र को जपते हुए आनन्दपूर्वक रहते हैं। वहाँ एक रत्नजडित वेदी है, उस पर मैं बैठा हूँ। काशी में जिन शिवभक्तों की आसक्ति छूट गई है, ऐसे लोगों को लाकर, अपनी गोद में बिठाकर, रुद्राक्ष और भस्म से भूषित अंग वाले ऐसे उनको स्पर्श करके, 'अब इनका जन्म न होगा और मृत्यु भी नहीं होगी'—इस प्रकार का फलदायी तारकमंत्र देता हूँ (उन्हें उपदेश करता हूँ)। इससे वे मुक्त होकर विज्ञानमय अंग से मुझमें ही प्रविष्ट हो जाते हैं और फिर उनका यहाँ आना नहीं होता। अग्नि में डाले गए होमद्रव्य की तरह वहीं रह जाते हैं। मुक्ति के लिए ही इस पंचाक्षर शैव मंत्र का उपदेश दिया जाता है। यह मुक्ति का स्थान है। इसलिए यह ओंकाररूप है। इसके द्वारा मुझमें ही कर्मों को अर्पित करने वालों को और मुझ ही में चित्त को अर्पित करने वालों को मेरा रूप प्राप्त होता है, इससे अन्य लोगों को नहीं। यह ब्रह्मविद्या है। यही ब्रह्मविद्या है।

मुमुक्षवः काश्यामेवासीना वीर्यवन्तो विद्यावन्तो विज्ञानमयं ब्रह्मकोशं चतुर्जालं ब्रह्मकोशं यं मृत्युर्नावपश्यति यं ब्रह्मा नावपश्यति यं विष्णुर्नावपश्यति यमिन्द्राग्नी नावपश्येतां यं वरुणादयो नावपश्यन्ति तमेव

तत्तेजःप्लुष्टविड्भावं हैममुमां संश्लिष्य वसन्तं चन्द्रकोटिसमप्रभं चन्द्रकिरीटं सोमसूर्याग्निनयनं भूतिभूषितविग्रहं शिवं मामेवमभिध्यायन्तो मुक्ताकिल्बिषास्त्यक्तबन्धा मय्येव लीना भवन्ति ॥29॥

काशी में रहने वाले मुमुक्षु ही वीर्यवान और विद्यावान होते हैं। ब्रह्मकोश तो विज्ञानमय है, ब्रह्मकोश चतुर्जाल है। इसे मृत्यु नहीं देख सकता, इसे ब्रह्मा नहीं देखते, इसे विष्णु नहीं देखते, इसे इन्द्र और अग्नि भी नहीं देखते, इसे वरुणादि देव भी नहीं देखते, उसी तेजःपूर्ण (तेज से भरे हुए) प्रवाहरूप, सुवर्णमय, उमा को आलिंगन करके रहने वाले, करोड़ों चन्द्रों के समान कान्तिवाले, चन्द्रमुकुटधारी, सोम-सूर्य-अग्निरूप तीन नयनों वाले, भस्म से भूषित शरीर वाले, मंगलकारी मुझ शिव का ही ध्यान करते हुए ये मुमुक्षु लोग पापरहित और बन्धनरहित होकर मुझमें लीन हो जाते हैं।

ये चान्ये काश्यां पुरीषकारिणः प्रतिग्रहरतास्त्यक्तभस्मधारणास्त्यक्तरुद्राक्षधारणास्त्यक्तसोमवारव्रतास्त्यक्तगृहयागास्त्यक्तविश्वेश्वरार्चनास्त्यक्तपञ्चाक्षरजपास्त्यक्तभैरवार्चना भैरवीं घोरादियातनां नानाविधां काश्यां परेता मुक्त्वा ततः शुद्धा मां प्रपद्यन्ते च। अन्तर्गृहे रेतो मूत्रं पुरीषं वा विसृजन्ति तदा तेन सिञ्चन्ते पितॄन्। तमेव पापकारिणं मृतं पश्यन्नीललोहितो भैरवस्तं पातयत्यस्त्रमण्डले ज्वलज्ज्वलनकुण्डेष्वन्येष्वपि। ततश्चाप्रमादेन निवसेदप्रमादेन निवसेत् काश्यां लिङ्गरूपिण्यामित्युपनिषत् ॥30॥

इति द्वितीयोऽध्यायः।

इति भस्मजाबालोपनिषत्समाप्ता।

और जो लोग काशी में मलत्याग करने वाले, केवल दान लेने में ही मन लगाने वाले, भस्मधारण को छोड़ देने वाले, रुद्राक्ष का त्याग करने वाले, सोमवार के व्रत को छोड़ने वाले, ग्रहयागों को छोड़ देने वाले, विश्वेश्वर की पूजा का त्याग करने वाले, पंचाक्षर मंत्र का जाप छोड़ने वाले, भैरवार्चन का त्याग करने वाले लोग होते हैं, वे भी काशी में मरकर भैरवी (भयंकर घोर) यातना से मुक्त होकर बाद में शुद्ध होकर मुझे प्राप्त करेंगे। जो लोग अन्तर्गृह में वीर्य, मूत्र या मल को छोड़ते हैं, तो वे उससे पितृओं का सिंचन करते हैं। ऐसे पापकारी को भैरव अस्त्रों के मण्डल के बीच और जलते हुए अग्नि के कुण्डों में और अन्य ऐसे स्थलों में डाल देता है। इसलिए काशी में प्रमादरहित होकर ही रहना चाहिए। काशी तो लिंगरूपिणी है, ऐसा उपनिषत् कहती है। यहाँ उपनिषत् पूरी हुई।

यहाँ दूसरा अध्याय पूरा हुआ।

इस प्रकार भस्मजाबालोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः……देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(90) रुद्राक्षजाबालोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह सामवेदीय उपनिषत् रुद्राक्ष की महिमा गाती है। भुसुंड और कालाग्निरुद्र की आख्यायिका से शुरू होती हुई यह उपनिषत् रुद्राक्ष की उत्पत्ति, धारण और फलश्रुति बताती है। त्रिपुरासुर को मारने के लिए भगवान् रुद्र ने जब आँखें बन्द कीं तब उनमें से जो आँसू जमीन पर गिरे, वही रुद्राक्ष हुए। उसको पहनने से या उसके दर्शन से भी सभी पाप दूर हो जाते हैं। आँवले के परिमाण वाला रुद्राक्ष सबसे उत्तम माना जाता है, बेर के आकार का मध्यम माना जाता है और चने के आकर का अधम माना जाता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को क्रमशः सफेद, लाल, पीला, काला रुद्राक्ष पहनना चाहिए। शिखा में एक, मस्तक पर तीन सौ, गले में छत्तीस, दोनों हाथों पर सोलह-सोलह, दोनों कलाइयों में बारह-बारह, कन्धे पर पाँच सौ तथा जनेऊ की भाँति एक सौ आठ रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। रुद्राक्ष एक से लेकर चौदह मुखवाला होता है। हरएक के गुण अलग-अलग होते हैं। और उसे धारण करने वाले को तत्-तत् अनुरूप फल मिलता है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि……ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ हैनं कालाग्निरुद्रं भुसुण्डः पप्रच्छ कथं रुद्राक्षोत्पत्तिः। तद्धारणात्किं फलमिति ॥1॥
तं होवाच भगवान्कालाग्निरुद्रः त्रिपुरवधार्थमहं निमीलिताक्षोऽभवम्। तेभ्यो जलबिन्दवो भूमौ पतितास्ते रुद्राक्षा जाताः। सर्वानुग्रहार्थाय तेषां नामोच्चारमात्रेण दशगोप्रदानफलं दर्शनस्पर्शनाभ्यां द्विगुणं फलमत ऊर्ध्वं वक्तुं न शक्नोमि ॥2॥

एक बार भुसुण्ड ने कालाग्निरुद्र से पूछा—'हे भगवन्! रुद्राक्ष की उत्पत्ति किस प्रकार हुई और उसको धारण करने से क्या फल मिलता है?' तब भगवान् कालाग्निरुद्र ने कहा—"त्रिपुर के वध के समय में मैंने आँखें बन्द कर ली थीं और उनमें से जल के बिन्दु नीचे गिरे। वे ही रुद्राक्ष हुए। सबके ऊपर अनुग्रह करने के लिए मैं कहता हूँ कि उनके नाम के उच्चारण मात्र से दस गायों के दान का फल मिलता है और उनके दर्शन और स्पर्श करने से दुगुना फल मिलता है। इससे आगे मैं क्या कहूँ"?

तत्रैते श्लोका भवन्ति—
कस्मिंस्थितं तु किं नाम कथं वा धार्यते नरैः।
कतिभेदमुखान्यत्र कैर्मन्त्रैर्धार्यते कथम् ॥3॥

दिव्यवर्षसहस्राणि चक्षुरुन्मीलितं मया
भूमावक्षिपुटाभ्यां तु पतिता जलबिन्दवः ॥4॥
तत्राश्रुबिन्दवो जाता महारुद्राक्षवृक्षकाः ।
स्थावरत्वमनुप्राप्य भक्तानुग्रहकारणात् ॥5॥

इसके बारे में ये श्लोक कहे गए हैं—(प्रश्न—) वह कहाँ रहता है ? उसका क्या नाम है ? उसे किस तरह धारण करना चाहिए ? इसके कितने भेद (मुख) हैं ? उसके धारण के लिए क्या-क्या मंत्र हैं ? और कैसे धारण करना चाहिए ? इन प्रश्नों का उत्तर यह है कि एक हजार देववर्षों के बीत जाने के बाद मैंने आँखें खोलीं तो उनमें से (उन दोनों आँखों से) जल के बिन्दु धरती पर गिरे। वहाँ तब ये अश्रुबिन्दु रुद्राक्ष के बड़े वृक्ष हो गए। उन्होंने भक्तों पर अनुग्रह करने के लिए स्थावरत्व (जड़ता) को ग्रहण कर लिया।

भक्तानां धारणात्पापं दिवारात्रिकृतं हरेत् ।
लक्षं तु दर्शनात्पुण्यं कोटिस्तद्धारणाद्भवेत् ॥6॥
तस्य कोटिशतं पुण्यं लभते धारणान्नरः ।
लक्षकोटिसहस्राणि लक्षकोटिशतानि च ॥7॥
तज्जपाल्लभते पुण्यं नरो रुद्राक्षधारणात् ।
धात्रीफलप्रमाणं यच्छ्रेष्ठमेतदुदाहृतम् ॥8॥

इस रुद्राक्ष के धारण करने से भक्तों के द्वारा दिन और रात में किए गए पाप नष्ट होते हैं। इसके दर्शन से लाख गुना और धारण करने से करोड़ गुना पुण्य मिलता है। मनुष्य इसके धारण करने से शतकोटि गुना पुण्य प्राप्त करता है और श्रद्धा भक्तिपूर्वक धारण करने पर तो उससे भी लाख-करोड़ गुना पुण्य प्राप्त होता है। जप की अपेक्षा उसे धारण करने से ऐसा पुण्यफल मिलता है। इन रुद्राक्षों में आँवले के फल के प्रमाण (आकार) का रुद्राक्ष श्रेष्ठ माना जाता है।

बदरीफलमात्रं तु मध्यमं प्रोच्यते बुधैः ।
अधमं चणमात्रं स्यात्प्रक्रियैषा मयोच्यते ॥9॥
ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राश्चेति शिवाज्ञया ।
वृक्षा जाताः पृथिव्यां तु तज्जातीयाः शुभाक्षकाः ॥10॥
श्वेतास्तु ब्राह्मणा ज्ञेयाः क्षत्रिया रक्तवर्णकाः ।
पीतास्तु वैश्या विज्ञेयाः कृष्णाः शूद्रा उदाहृताः ॥11॥
ब्राह्मणो बिभृयाच्छ्वेतान्रक्तान्राजा तु धारयेत् ।
पीतान्वैश्यस्तु बिभृयात्कृष्णाञ्छूद्रस्तु धारयेत् ॥12॥

जानकार लोग कहते हैं कि बेर के आकार का रुद्राक्ष मध्यम श्रेणी का होता है और चने के प्रमाण का अधम माना जाता है। अब मैं उसकी प्रक्रिया कहता हूँ—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की जाति के शुभ रुद्राक्ष शिव की आज्ञा से वृक्षरूप बने हैं। उनमें जो श्वेत हैं वे ब्राह्मण हैं, ऐसा समझना चाहिए, रक्तवर्ण वाले क्षत्रिय हैं, पीले रुद्राक्ष वैश्य समझने चाहिए और काले शूद्र माने गए हैं। ब्राह्मण को सफेद रुद्राक्ष धारण करना चाहिए, क्षत्रिय को लाल रुद्राक्ष धारण करना चाहिए, पीले रुद्राक्ष को वैश्य धारण करे और काले को शूद्र को धारण करना चाहिए।

समाः स्निग्धा दृढाः स्थूलाः कण्टकैः संयुताः शुभाः ।
कृमिदष्टं छिन्नभिन्नं कण्टकैर्हीनमेव च ॥13॥
व्रणयुक्तमयुक्तं च षड्रुद्राक्षाणि वर्जयेत् ।
स्वयमेव कृतद्वारं रुद्राक्षं स्यादिहोत्तमम् ॥14॥
यत्तु पौरुषयत्नेन कृतं तन्मध्यमं भवेत् ।
समान्स्निग्धान् दृढान् स्थूलान् क्षौमसूत्रेण धारयेत् ॥15॥

समान गोलाई वाले, चिकने, मजबूत, स्थूल और काँटों से युक्त रुद्राक्ष शुभ माने जाते हैं। और जो कीड़ों के द्वारा दंश किया गया हो, जो अलग-अलग गोलाई वाला हो, जो काँटों से रहित हो, जो व्रणयुक्त (बाह्य आघात से भग्न) अथवा अभग्न हो—इन छः रुद्राक्षों को छोड़ देना चाहिए। जिस रुद्राक्ष में कुदरती ही छेद हो वह रुद्राक्ष उत्तम माना जाता है। पर जो पुरुष के प्रयत्न से रुद्राक्ष में छेद किया जाए तो वह मध्यम है। अतएव समान, चिकने, मजबूत और स्थूल रुद्राक्षों को रेशम के धागे में पिरो कर पहनना चाहिए।

सर्वगात्रेण सौम्येन सामान्यानि विचक्षणः ।
निकषे हेमरेखाभा यस्य रेखा प्रदृश्यते ॥16॥
तदक्षमुत्तमं विद्यात्तद्धार्यं शिवपूजकैः ।
शिखायामेकरुद्राक्षं त्रिंशतं शिरसा वहेत् ॥17॥
षट्त्रिंशतं गले दध्याद्बाहोः षोडशषोडश ।
मणिबन्धे द्वादशैव स्कन्धे पञ्चदशं वहेत् ॥18॥

जैसे निकष के पत्थर में हेम रेखा हो, उसी तरह की मानो हेम रेखा दीखती हो इसी तरह सर्व अवयव (आकार से) सामान्य (एक समान) अंग वाला रुद्राक्ष उत्तम माना जाता है। शिवपूजकों को ऐसे ही रुद्राक्ष धारण करने चाहिए। शिखा में एक रुद्राक्ष धारण करना चाहिए और मस्तक में तीस रुद्राक्ष धारण करने चाहिए। गले में छत्तीस रुद्राक्ष धारण करने चाहिए। और दोनों हाथों में सोलह-सोलह रुद्राक्ष धारण करने चाहिए। दोनों मणिबन्धों में बारह-बारह और कन्धे पर पन्द्रह रुद्राक्ष धारण करने चाहिए।

अष्टोत्तरशतैर्मालामुपवीतं प्रकल्पयेत् ।
द्विसरं त्रिसरं वापि सराणां पञ्चकं तथा ॥19॥
सराणां सप्तकं वापि बिभृयात्कण्ठदेशतः ।
मुकुटे कुण्डले चैव कर्णिकाहारकेऽपि वा ॥20॥
केयूरकटके सूत्रं कुक्षिबन्धे विशेषतः ।
सुप्ते पीते सदाकालं रुद्राक्षं धारयेन्नरः ॥21॥
त्रिशतं त्वधमं पञ्चशतं मध्यममुच्यते ।
सहस्रमुत्तमं प्रोक्तमेवं भेदेन धारयेत् ॥22॥

एक सौ आठ रुद्राक्षों की माला बनाकर उपवीत की तरह धारण करनी चाहिए। दो, तीन या पाँच या सात लड़ियों की माला बनाकर गले में पहननी चाहिए। कान की बाली के रूप में तथा मुकुट के रूप में भी रुद्राक्ष को धारण करना चाहिए। सूत्र में पिरोए गए रुद्राक्षों को बाजूबन्द में तथा कुक्षिबन्ध

में पहनना चाहिए। सोते-जगाते, खाते-पीते—सभी समय में मनुष्य को रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। तीन सौ रुद्राक्षों को धारण करने वाला मनुष्य अधम, पाँच सौ रुद्राक्ष धारण करने वाला मध्यम तथा एक हजार रुद्राक्ष धारण करने वाला उत्तम माना जाता है। इसलिए इस प्रकार के भेद को जानकर मनुष्य को रुद्राक्ष का धारण करना चाहिए।

शिरसीशानमंत्रेण कण्ठे तत्पुरुषेण तु।
अघोरेण गले धार्यं तेनैव हृदयेऽपि च ॥23॥
अघोरबीजमन्त्रेण करयोर्धारयेत्सुधीः।
पञ्चाशदक्षग्रथितान्व्योमव्याप्यपि चोदरे ॥24॥
पञ्च ब्रह्मभिरङ्गैश्च त्रिमाला पञ्च सप्त च।
ग्रथित्वा मूलमन्त्रेण सर्वाण्यक्षाणि धारयेत् ॥25॥

'ईशानः सर्वभूतानाम्' इत्यादि मंत्र से रुद्राक्ष को मस्तक पर धारण करना चाहिए। और 'तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय' इत्यादि मंत्र से उसे कण्ठ में धारण करना चाहिए। तथा 'अघोरेभ्य' इत्यादि मंत्र से गले में और उसी मंत्र से हृदय में भी धारण करना चाहिए। विद्वानों को अघोर मंत्र के बीजमंत्र से रुद्राक्ष को दोनों हाथों में धारण करना चाहिए। रुद्राक्ष के मध्य छेद रूप आकाश में सूत्र पिरोते समय **'क'** से **'क्ष'** तक के पचासों अक्षर, हर एक रुद्राक्ष के साथ भावनापूर्वक आरोपित करना चाहिए। और बाद में पाँच ब्रह्ममंत्रों या पंचाक्षरी मंत्रों से रुद्राक्ष को अभिमंत्रित करना चाहिए। इसके बाद अक्षमालिकोपनिषत् में बताए अनुसार उसकी प्राणप्रतिष्ठा करके मूलमंत्र से पिरोना चाहिए और सात, पाँच या तीन मात्राओं की तरह रुद्राक्ष धारण करना चाहिए।

अथ हैनं भगवन्तं कालाग्निरुद्रं भुसुण्डः पप्रच्छ रुद्राक्षाणां भेदेन यदक्षं यत्स्वरूपं यत्फलमिति। तत्स्वरूपं मुखयुक्तमरिष्टनिरसनं कामाभीष्टफलं ब्रूहीति होवाच ॥26॥

इसके बाद भुसुंड ने भगवान् कालाग्निरुद्र से पूछा—'इन रुद्राक्षों के कितने भेद हैं ? इनका क्या स्वरूप है ? इसका क्या फल है ? मुखों के भेद से अरिष्ट-निवारण और मनोवांछित वस्तु के फल के बारे में आप हमें बताइए'। तब कालाग्निरुद्र भगवान् कहने लगे कि—

तत्रैते श्लोका भवन्ति—
एकवक्त्रं तु रुद्राक्षं परतत्त्वस्वरूपकम्।
तद्धारणात्परे तत्त्वे लीयते विजितेन्द्रियः ॥27॥
द्विवक्त्रं तु मुनिश्रेष्ठ चार्धनारीश्वरात्मकम्।
धारणादर्धनारीशः प्रीयते तस्य नित्यशः ॥28॥
त्रिमुखं चैव रुद्राक्षमग्नित्रयस्वरूपकम्।
तद्धारणाच्च हुतभुक्तस्य तुष्यति नित्यदा ॥29॥
चतुर्मुखं तु रुद्राक्षं चतुर्वक्त्रस्वरूपकम्।
तद्धारणाच्चतुर्वक्त्रः प्रीयते तस्य नित्यदा ॥30॥

इसके बारे में ये श्लोक हैं—एकमुखी रुद्राक्ष साक्षात् परमात्मा का रूप है। उसको धारण करने से जितेन्द्रिय लोग परमतत्त्व में लीन हो जाते हैं। हे मुनिवर ! द्विमुखी रुद्राक्ष को अर्धनारीश्वर का रूप

कहा गया है। उसको धारण करने से सदैव अर्धनारीश्वर की प्रीति बनी रहती है। त्रिमुखी रुद्राक्ष को तीनों अग्नियों का स्वरूप माना गया है। उसको धारण करने से अग्निदेवता सदैव प्रसन्न रहते हैं। और चतुर्मुखी रुद्राक्ष भगवान् चतुर्मुख का रूप माना गया है। इसे धारण करने से भगवान् चतुर्मुख सदैव प्रसन्न रहते हैं।

पञ्चवक्त्रं तु रुद्राक्षं पञ्चब्रह्मस्वरूपकम्।
पञ्चवक्त्रः स्वयं ब्रह्म पुंहत्यां च व्यपोहति ॥31॥
षड्वक्त्रमपि रुद्राक्षं कार्तिकेयाधिदैवतम्।
तद्धारणान्महाश्रीः स्यान्महदारोग्यमुत्तमम् ॥32॥
मतिविज्ञानसम्पत्तिशुद्धये धारयेत्सुधीः।
विनायकाधिदैवं च प्रवदन्ति मनीषिणः ॥33॥
सप्तवक्त्रं तु रुद्राक्षं सप्तमात्रधिदैवतम्।
तद्धारणान्महाश्रीः स्यान्महदारोग्यमुत्तमम् ॥34॥

पंचमुखी रुद्राक्ष पंचमुख ब्रह्म का (पाँच मुखवाले शिव का) स्वरूप माना गया है। इसको धारण करने पर स्वयं पंचानन भगवान् शिव मनुष्यवध के पातक को दूर कर देते हैं। षण्मुखी रुद्राक्ष कार्तिकेय का स्वरूप माना जाता है। उसको धारण करने से महालक्ष्मी और बड़ा उत्तम आरोग्य प्राप्त होता है। ज्ञानीजन इसे गणेश का रूप भी मानते हैं। इसलिए बुद्धिमान मनुष्य को इसे विद्या, बुद्धि और धन की शुद्धि के लिए धारण करना चाहिए। सात मुँह वाला रुद्राक्ष, ब्राह्मी, वैष्णवी आदि सात मातृशक्तियों का रूप माना जाता है। इसके धारण करने से विशाल सम्पत्ति और उत्तम स्वास्थ्य (आरोग्य) प्राप्त होता है।

महती ज्ञानसम्पत्तिः शुचिर्धारणतः सदा।
अष्टवक्त्रं तु रुद्राक्षमष्टमात्रधिदैवतम् ॥35॥
वस्वष्टकप्रियं चैव गङ्गाप्रीतिकरं तथा।
तद्धारणादिमे प्रीता भवेयुः सत्यवादिनः ॥36॥
नववक्त्रं तु रुद्राक्षं नवशक्त्यधिदैवतम्।
तस्य धारणमात्रेण प्रीयन्ते नव शक्तयः ॥37॥
दशवक्त्रं तु रुद्राक्षं यमदैवत्यमीरितम्।
दर्शनाच्छान्तिजनकं धारणान्नात्र संशयः ॥38॥

इसे पवित्रतापूर्वक धारण करने से हमेशा उत्तम ज्ञान और सम्पदा प्राप्त होते हैं। आठ मुखवाले रुद्राक्ष को आठ माताओं का स्वरूप कहा गया है, एवं उसे आठ वसुओं का प्रिय भी माना गया है। यह तो गंगा को भी प्रीतिकारक है। इसे धारण करने वाले सत्यवादी मनुष्य के ऊपर ये तीनों प्रसन्न होते हैं। (धारक के ऊपर ये तीनों अनुग्रह करते हैं।) नौ मुँहवाला रुद्राक्ष नौ शक्तियों वाला देवता कहा जाता है। उसके तो दर्शन-मात्र से ही नव शक्तियाँ प्रसन्न हो जाती हैं। दस मुँहवाला रुद्राक्ष यम देवता का स्वरूप माना जाता है। उसके भी दर्शनमात्र से वह शान्ति देने वाला होता है तो फिर धारण करने वाले को शान्ति मिलती ही है। उसमें कोई सन्देह नहीं है।

एकादशमुखं त्वक्षं रुद्रैकादशदैवतम् ।
तदिदं दैवतं प्राहुः सदा सौभाग्यवर्धनम् ॥39॥
रुद्राक्षं द्वादशमुखं महाविष्णुस्वरूपकम् ।
द्वादशादित्यरूपं च बिभर्त्येव हि तत्परः ॥40॥
त्रयोदशमुखं त्वक्षं कामदं सिद्धिदं शुभम् ।
तस्य धारणमात्रेण कामदेवः प्रसीदति ॥41॥
चतुर्दशमुखं चाक्षं रुद्रनेत्रसमुद्भवम् ।
सर्वव्याधिहरं चैव सर्वदारोग्यमाप्नुयात् ॥42॥

ग्यारह मुँह वाला रुद्राक्ष ग्यारह रुद्रों का स्वरूप कहा गया है । ये एकादश रुद्रदेव सदैव सौभाग्य को बढ़ाने वाले हैं । बारह मुँहवाला रुद्राक्ष महाविष्णु का स्वरूप माना गया है । इसे बारह आदित्यों के रूप में भी माना जाता है । इसे धारण करने पर व्यक्ति विष्णुपरायण और आदित्यपरायण हो जाता है । तेरह मुँहवाला रुद्राक्ष सभी मनोरथों को पूर्ण करने वाला, मंगलकारी और सिद्धिदायक माना जाता है । इसके धारणमात्र से कामदेव प्रसन्न होते हैं । चौदह मुँहवाला रुद्राक्ष तो साक्षात् रुद्र के नेत्र से ही जन्मा है । वह सभी व्याधियों को दूर करने वाला है एवं धारणकर्ता इससे आरोग्य प्राप्त करता है ।

मद्यं मासं च लशुनं पलाण्डुं शिग्रुमेव च ।
श्लेष्मातकं विड्वराहमभक्ष्यं वर्जयेन्नरः ॥43॥
ग्रहणे विषुवे चैवमयने संक्रमेऽपि च ।
दर्शेषु पूर्णमासे च पूर्णेषु दिवसेषु च ।
रुद्राक्षधारणात्सद्यः सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥44॥
रुद्राक्षमूलं तद्ब्रह्मा तन्नालं विष्णुरेव च ।
तन्मुखं रुद्र इत्याहुस्तद्बिन्दुः सर्वदेवताः ॥45॥

रुद्राक्ष धारण करने वाले को मद्य, मांस, लहसुन, प्याज, शिग्रु (कुकुरमुत्ता जैसे पदार्थ), लिसोड़ा, विड्वराह आदि अभक्ष्य पदार्थों को छोड़ देना चाहिए । सूर्य-चन्द्र के ग्रहण के समय में, अमावास्या, पौर्णमासी, उत्तरायण-दक्षिणायन योग, तुला-मेष आदि की संक्रान्ति के समय, रात-दिन की बराबरी के समय, दिन की पूर्णता के समय—इन समयों में रुद्राक्ष के धारण किए जाने पर मनुष्य सभी पापों से शीघ्र ही छुटकारा पा लेता है । इस रुद्राक्ष के मूल में ब्रह्मा, नाल वाले भाग में विष्णु तथा मुख में अर्थात् उसमें पड़ी हुई रेखाओं में रुद्र (शिव) तथा उसके कण्टकरूप बिन्दुओं में सभी देवताओं का निवासस्थान होता है ।

अथ कालाग्निरुद्रं भगवन्तं सनत्कुमारः पप्रच्छाधीहि भगवन्रुद्राक्षधारणविधिम् । तस्मिन्समये निदाघजडभरतदत्तात्रेयकात्यायनभरद्वाजकपिलवसिष्ठपिप्पलादयश्च कालाग्निरुद्रं परिसमेत्योचुः । अथ कालाग्निरुद्रः किमर्थं भवतामागमनमिति होवाच । रुद्राक्षधारणविधिं वै सर्वे श्रोतुमिच्छामह इति ॥46॥

इसके बाद भगवान् कालाग्निरुद्र से सनत्कुमार ने प्रश्न किया कि "हे भगवन् ! हमें रुद्राक्ष के धारण की विधि बताइए ।" उसी समय में निदाघ, जडभरत, दत्तात्रेय, कात्यायन, भरद्वाज, कपिल, वसिष्ठ, पिप्पलाद, आदि भी कालाग्निरुद्र के पास एकत्रित होकर आए और कहने लगे । (कहने की

इच्छा करने लगे ।) तब कालाग्नि रुद्र ने पूछा कि—'आप सबका यहाँ आगमन किसलिए हुआ ?' तब उन सबने कहा कि—'हम रुद्राक्ष की धारणविधि को सुनना चाहते हैं ।'

अथ कालाग्निरुद्रः प्रोवाच । रुद्रस्य नयनादुत्पन्ना रुद्राक्षा इति लोके ख्यायन्ते । अथ सदाशिवः संहारकाले संहारं कृत्वा संहाराक्षं मुकुलीकरोति । तन्नयनाज्जाता रुद्राक्षा इति होवाच । तस्माद्रुद्राक्षत्वमिति कालाग्निरुद्रः प्रोवाच ॥47॥

तब कालाग्नि रुद्र ने कहा—"लोक में यह प्रसिद्ध है कि रुद्र की आँख से रुद्राक्ष उत्पन्न हुए हैं । सृष्टि के संहार के समय में जब रुद्र संहार करके, संहार करने वाली आँख खोलते हैं, तब उनके नेत्रों से ये रुद्राक्ष उत्पन्न हुए हैं । इसलिए उसका नाम रुद्राक्ष (रुद्र + अक्ष) पड़ा, ऐसा कालाग्निरुद्र ने कहा ।

तद्रुद्राक्षे वाग्विषये कृते दशगोप्रदानेन यत्फलमवाप्नोति तत्फलमश्नुते । स एष भस्मज्योती रुद्राक्ष इति । तद्रुद्राक्षं करेण स्पृष्ट्वा धारणमात्रेण त्रिसहस्रगोप्रदानफलं भवति । तद्रुद्राक्षे कर्णयोर्धार्यमाणे एकादशसहस्रगोप्रदानफलं भवति । एकादशरुद्रत्वं च गच्छति । तद्रुद्राक्षे शिरसि धार्यमाणे कोटिगोप्रदानफलं भवति । एतेषां स्थानानां कर्णयोः फलं वक्तुं न शक्यमिति होवाच ॥48॥

इस रुद्राक्ष का केवल नाम उच्चारण करने से ही जो फल दस गायों के दान से मिलता है, उतना फल मिल जाता है । यही रुद्राक्ष 'भस्मज्योति रुद्राक्ष' कहा जाता है । इस रुद्राक्ष का हाथ से स्पर्श करके धारण करने पर दो हजार गायों के दान का फल मिलता है । इस रुद्राक्ष को दो कानों में धारण करने पर ग्यारह हजार गायों के दान का फल मिलता है । इस रुद्राक्ष को मस्तक पर धारण करने पर करोड़ों गायों के दान का फल मिलता है । कान आदि में धारण करने पर जो फल मिलता है उसे कहा नहीं जा सकता ।

य इमां रुद्राक्षजाबालोपनिषदं नित्यमधीते बालो वा युवा वा वेद स महान्भवति । स गुरुः सर्वेषां मन्त्राणामुपदेष्टा भवति । एतैरेव होमं कुर्यात् । एतैरेवार्चनम् । तथा रक्षोघ्नं मृत्युतारकं गुरुणा लब्धं कण्ठे बाहौ शिखायां वा बध्नीत । सप्तद्वीपवती भूमिर्दक्षिणार्थं नावकल्पते । तस्माच्छ्रद्धया यां काञ्चिद्गां दद्यात्सा दक्षिणा भवति । य इमामुपनिषदं ब्राह्मणः प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति । सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति । मध्याह्नेऽधीयमानः षड्जन्मकृतं पापं नाशयति । सायं प्रातः प्रयुञ्जानोऽनेकजन्मकृतं पापं नाशयति । षट्सहस्रलक्षगायत्रीजपफलमवाप्नोति । ब्रह्महत्यासुरापानस्वर्णस्तेयगुरुदारगमनतत्संयोगपातकेभ्यः पूतो भवति । सर्वतीर्थफलमश्नुते । पतितसंभाषणात्पूतो भवति । पङ्क्तिशतसहस्रपावनो भवति । शिवसायुज्यमवाप्नोति । न च पुनरावर्तते न च पुनरावर्तत इत्योम् सत्यमित्युपनिषत् ॥49॥

इति रुद्राक्षजाबालोपनिषत्समाप्ता ।

जो मनुष्य इस रुद्राक्षजाबाल उपनिषत् को नित्य पढ़ता है, जो इसे जानता है, वह बालक हो या युवा हो, फिर भी महान् बन जाता है। वह सभी का गुरु, सभी मंत्रों का उपदेशक बन जाता है। इन्हीं मंत्रों से होम करना चाहिए। इन्हीं मंत्रों से अर्चन करना चाहिए। और गुरु के द्वारा दिए गए उस—राक्षसों का नाश करने वाले, मृत्यु को पार कराने वाले—रुद्राक्ष को हाथ में या शिखा में अथवा कण्ठ में बाँधना चाहिए। इसकी दक्षिणा के लिए यदि गुरु को सात द्वीप वाली पृथ्वी भी दी जाए तो भी कम हैं। इसलिए श्रद्धा से कोई भी गाय देनी चाहिए, वही दक्षिणा होगी। जो कोई ब्राह्मण इस उपनिषत् को प्रातःकाल पढ़ता है, उसका रात्रि में किया हुआ पाप नष्ट हो जाता है। जो सायंकाल में पढ़ता है, तो उसका दिवस में किया हुआ पाप नष्ट हो जाता है। मध्याह्न में किया हुआ पाठ छः जन्मों में किए गए पापों का नाश कर देता है। सायंकाल और प्रातःकाल में किया गया पाठ अनेक जन्मों में किए गए पापों का नाश कर देता है। इससे छः हजार लाख गायत्री का जप का फल भी मिलता है। इससे ब्रह्महत्या, सुरापान, सुवर्णचोरी, गुरुपत्नी के साथ व्यभिचार और उसके संयोग जैसे बड़े पापों से मुक्त हो जाता है। वह सभी तीर्थों की यात्रा का फल प्राप्त करता है। पापियों से की गई बातचीत के पाप से वह मुक्त हो जाता है। वह साधक हजारों-सैकड़ों लोगों को पवित्र बना देता है। वह शिव का सायुज्य प्राप्त करता है। वह फिर यहाँ नहीं लौटता। वह फिर से यहाँ लौटता ही नहीं। इस प्रकार यही सत्य है, यही ॐकार है, परम तत्त्व है।

इस प्रकार रुद्राक्षजाबालोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि···ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(91) गणपत्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् अथर्ववेद से सम्बद्ध है। इसमें गणपति की स्तुति, उनसे प्रार्थना, गणपति की सर्वात्मकता, गणपति का मंत्र, गणपतिगायत्री, गणपतिध्यान, गणपतिमालामन्त्र, विद्यापठन का फल, विद्यासंप्रदान का नियम, काम्य प्रयोग और विद्यावेदन का फल—इतने विषय आते हैं। ऐसी परवर्ती उपनिषदों में सगुण भक्ति की ओर लोगों का झुकाव था, यह बात इस उपनिषद् से स्पष्ट हो जाती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः···देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

नमस्ते गणपतये ॥1॥
त्वमेव प्रत्यक्षं तत्त्वमसि। त्वमेव केवलं कर्तासि। त्वमेव केवलं भर्तासि। त्वमेव केवलं हर्तासि। त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रह्मासि। त्वं साक्षादात्मासि ॥2॥
ऋतं वच्मि। सत्यं वच्मि ॥3॥

गणपति भगवान् को प्रणाम हो। तुम्हीं प्रत्यक्ष तत्त्व हो। तुम्हीं केवल कर्ता हो। तुम्हीं केवल भर्ता (पोषणकर्ता) हो। तुम्हीं केवल हर्ता हो। तुम्हीं सही रूप में यह सब कुछ ब्रह्मस्वरूप में हो। तुम्हीं साक्षात् यह आत्मा हो। मैं सदा परमसत्य बोलता हूँ। मैं सर्वदा सत्य ही बोलता हूँ।

अव त्वं माम्। अव वक्तारम्। अव श्रोतारम्। अव दातारम्। अव धातारम्। अवानूचानमव शिष्यम्। अव पश्चात्तात्। अव पुरस्तात्। अव चोत्तरात्तात्। अव दक्षिणात्तात्। अव चोर्ध्वात्तात्। अवाधरात्तात्। सर्वतो मां पाहि पाहि समन्तात् ॥4॥

तुम मेरा रक्षण करो। वक्ता का तुम रक्षण करो। तुम श्रोता का रक्षण करो (उपदेशक और शिष्य दोनों का रक्षण करो)। धाता (ज्ञानधारक) की रक्षा करो। अनूचान की (ज्ञान को क्रियान्वित करने वाले की) रक्षा करो। और मेरी (शिष्य की) भी रक्षा करो। पीछे से मेरी रक्षा करो। आगे से मेरी रक्षा करो। उत्तर से मेरी रक्षा करो। दक्षिण से मेरी रक्षा करो। ऊपर से मेरी रक्षा करो। नीचे से मेरी रक्षा करो। चारों ओर से मेरी रक्षा करो, मेरी रक्षा करो।

त्वं वाङ्मयस्त्वं चिन्मयः। त्वमानन्दमयस्त्वं ब्रह्ममयः। त्वं सच्चिदानन्दाद्वितीयोऽसि। त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि ॥5॥

तुम वाङ्मय (वाणीरूप) हो। तुम चिन्मय हो। तुम आनन्दमय हो। तुम ब्रह्ममय हो। तुम सच्चिदानन्दमय हो, तुम अद्वितीय हो। तुम्हीं प्रत्यक्ष ब्रह्म हो। तुम ज्ञानमय हो। तुम विज्ञानमय हो।

सर्वं जगदिदं त्वत्तो जायते। सर्वं जगदिदं त्वत्तस्तिष्ठति। सर्वं जगदिदं त्वयि लयमेष्यति। सर्वं जगदिदं त्वयि प्रत्येति। त्वं भूमिरापोऽनलोऽनिलो नभः। त्वं चत्वारि वाक्पदानि। त्वं गुणत्रयातीतः। त्वं कालत्रयातीतः। त्वं देहत्रयातीतः। त्वं मूलाधारस्थितोऽसि नित्यम्। त्वं शक्तित्रयात्मकः। त्वां योगिनो ध्यायन्ति नित्यम्। त्वं ब्रह्मा त्वं विष्णुस्त्वं रुद्रस्त्वमिन्द्रस्त्वमग्निस्त्वं वायुस्त्वं सूर्यस्त्वं चन्द्रमास्त्वं ब्रह्म भूर्भुवः सुवरोम् ॥6॥

यह सारा जगत् तुमसे उत्पन्न होता है, यह सारा जगत् तुमसे ही टिकता है। इस सारे जगत् का तुम्हीं में लय हो जाएगा। तुम्हीं में इस सारे जगत् की प्रतीति हो रही है। तुम्हीं पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश हो। तुम्हीं परा, पश्यन्ती आदि चार वाणी के प्रकार हो। तुम तीन गुणों से परे हो। तुम तीन कालों से भी परे हो। तुम तीन देहों से भी परे हो। तुम सदा मूलाधार में अवस्थित हो। तुम तीन शक्तियों के स्वरूप हो। योगी लोग सर्वदा तुम्हारा ही ध्यान करते हैं। तुम ब्रह्मा हो, तुम विष्णु हो, तुम रुद्र हो, तुम इन्द्र हो, तुम अग्नि हो, तुम वायु हो, तुम सूर्य हो, तुम चन्द्रमा हो। ये भूः, भुवः और स्वः—तीनों लोक और परब्रह्मवाचक ओंकार अक्षर भी तो तुम्हीं हो।

गणादिं पूर्वमुच्चार्य वर्णादिं तदनन्तरम्। अनुस्वारः परतरः। अर्धेन्दुलसितम्। तारेण रुद्धम्। एतत्तव मनुस्वरूपम् ॥7॥

सबसे पहले 'गण' शब्द के आदि अक्षर 'ग्' का उच्चारण करना चाहिए। इसके बाद सभी वर्णों के आदि अक्षर 'अ' का उच्चारण करना चाहिए। फिर बाद में अनुस्वार (ं) का उच्चारण करना चाहिए। इस तरह से अर्धचन्द्र से शोभायमान 'गं' ॐकार के द्वारा अवरुद्ध हो जाने पर तुम्हारे बीजमंत्र का रूप 'ॐ गं'—ऐसा हो जाता है।

गकारः पूर्वरूपम्। अकारो मध्यमरूपम्। अनुस्वारश्चान्त्यरूपम्। बिन्दुरुत्तररूपम्। नादः सन्धानम्। संहिता सन्धिः। सैषा गणेशविद्या ॥8॥

इसका प्रथम रूप 'ग'कार है, मध्यमरूप 'अ' कार है और अनुस्वार अन्त्य रूप है तथा बिन्दु इसका उत्तर रूप है। नाद ही इसका सन्धान है। और संहिता इसकी सन्धि कही गई है। ऐसी ही यह गणेशविद्या है।

गणक ऋषिः। निचृद्गायत्री छन्दः। श्रीमहागणपतिर्देवता। ॐ गम्।
(गणपतये नमः) ॥9॥
एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि। तन्नो दन्ती प्रचोदयात् ॥10॥

इस मंत्र के ऋषि गणक हैं। इसका छन्द निचृद्गायत्री है। श्रीमहागणपति इसके देवता हैं। और यह 'ॐ गं' (गणपतये नमः) यही महामंत्र के रूप से जाना जाता है। हम एकदन्त को जानते हैं। हम वक्रतुण्ड का ध्यान करते हैं। वह दन्ती हम सभी को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें।

एकदन्तं चतुर्हस्तं पाशमङ्कुशधारिणम्।
अभयं वरदं हस्तैर्बिभ्राणं मूषकध्वजम् ॥11॥

रक्तं लम्बोदरं शूर्पकर्णकं रक्तवाससम्।
रक्तगन्धानुलिप्ताङ्गं रक्तपुष्पैः सुपूजितम् ॥12॥
भक्तानुकम्पिनं देवं जगत्कारणमच्युतम्।
आविर्भूतं च सृष्ट्यादौ प्रकृतेः पुरुषात्परम् ॥13॥
एवं ध्यायति यो नित्यं स योगी योगिनां वरः ॥14॥

जो साधक उस एकदंत, चतुर्भुज, पाश-अंकुश-अभय और वरदमुद्रा को धारण करने वाले, चूहे से चिह्नित ध्वजा वाले, लाल वर्ण वाले, लम्बे उदरवाले, सूप जैसे बड़े कान वाले, लाल वस्त्र पहने हुए, लाल चन्दन का लेप लगाए हुए, लाल फूलों से अच्छी तरह पूजे गए, भक्तों पर दया करने वाले, जगत् के कारणरूप देव, अच्युत (अविनाशी), सृष्टि से पहले प्रादुर्भूत तथा प्रकृति और पुरुष से भी परे, विघ्नविनाशक गणेश का नित्य ही चिन्तन करता है, वह योगी (साधक) सभी योगियों में श्रेष्ठ माना जाता है।

नमो व्रातपतये नमो गणपतये नमः प्रमथपतये नमस्तेऽस्तु लम्बोदरायैकदन्ताय विघ्नविनाशिने शिवसुताय श्रीवरदमूर्तये नमो नमः ॥15॥

व्रातों (देवसमूहों) के पति को नमस्कार हो। गणपति को नमस्कार हो। प्रमथ (शिव) के नायक—मुख्य गण को नमस्कार हो। लम्ब उदरवाले को, एक दाँतवाले को, विघ्नों के नाशक को, शंकर के पुत्र को और वरदान देने वाले स्वरूप को हमारा बार-बार नमस्कार हो, नमस्कार हो।

एतदथर्वशिरो योऽधीते स ब्रह्मभूयाय कल्पते। स सर्वविघ्नैर्न बाध्यते। स सर्वतः सुखमेधते। स पञ्चमहापातकोपपातकात्प्रमुच्यते। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायंप्रातः प्रयुञ्जानोऽपापो भवति। धर्मार्थकाममोक्षं च विन्दति ॥16॥

इस अथर्ववेदीय उपनिषत् का जो पाठ करता है, वह ब्रह्मत्व की प्राप्ति कर लेता है। उसको सभी विघ्नों के द्वारा पीड़ा नहीं होती। वह चारों ओर से सुख ही प्राप्त करता है। वह पाँच महापातकों से और उपपातकों से मुक्त हो जाता है। सायंकाल में इसका पाठ करने वाला दिन में किए हुए पापों से मुक्त होता है। सुबह में पाठ करने वाला रात्रि में किए गए पापों का नाश कर देता है। सुबह-शाम दोनों समय पाठ करने वाला निष्पाप हो जाता है। वह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कर लेता है।

इदमथर्वशीर्षमशिष्याय न देयम्। यो यदि मोहाद्दास्यति स पापीयान्भवति ॥17॥

यह अथर्वशीर्ष उपनिषत् जो शिष्य न हो, उसे नहीं पढ़ाना चाहिए। जो कोई भी ऐसे किसी को मोह से पढ़ाएगा, वह पातकी हो जाता है।

सहस्रावर्तनाद्यं यं काममधीते तं तमनेन साधयेत्। अनेन गणपतिमभिषिञ्चति स वाग्मी भवति। चतुर्थ्यामनश्नञ्जपति स विद्यावान्भवति। इत्यथर्वणवाक्यम्। ब्रह्माद्याचरणं विद्यात्। न बिभेति कदाचनेति। यो दूर्वाङ्कुरैर्यजति स वैश्रवणोपमो भवति। यो लाजैर्यजति स यशोवान्भवति। स मेधावान्भवति। यो मोदकसहस्रेण यजति स वाञ्छितफलमवाप्नोति। यः साज्यसमिद्भिर्यजति स सर्वं लभते। स सर्वं लभते।

अष्टौ ब्राह्मणान्सम्यग्ग्राहयित्वा सूर्यवर्चस्वी भवति। सूर्यग्रहणे महानद्यां प्रतिमासन्निधौ वा जप्त्वा सिद्धमन्त्रो भवति। महाविघ्नात्प्रमुच्यते। महापापात्प्रमुच्यते। महादोषात्प्रमुच्यते ॥18॥

इस उपनिषत् के एक हजार बार आवर्तन करने से मनुष्य जो-जो कामना करता है, वह सिद्ध होती है। जो इसके द्वारा गणपति का अभिषेक करता है वह समर्थ वक्ता होता है। चतुर्थी के दिन बिना खाए जो इसका जप करता है, वह विद्यावान होता है। यह अथर्वण वाक्य है। जो कोई इसके द्वारा ब्रह्माद्याचरण (तपश्चर्या) करना चाहता है, वह कभी कहीं से भयभीत नहीं होता। जो दूर्वांकुरों से गणपति को पूजता है वह कुबेर जैसा हो जाता है। जो लाजा (धान) की खील से पूजा करता है, वह यशोवान (कीर्तिमान) होता है और बुद्धिमान भी होता है। जो कोई एक हजार लड्डुओं से (मोदकों से) पूजा करता है, वह अपने इच्छित फल को प्राप्त करता है। जो घीसहित काष्ठों से पूजा करता है, वह सब कुछ प्राप्त कर लेता है, सभी कुछ प्राप्त कर लेता है। आठ ब्राह्मणों को अच्छी तरह जो यह विद्या सिखाकर तैयार कर देता है, वह सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है। सूर्यग्रहण के समय, बड़ी नदी में अथवा प्रतिमा के समक्ष जप करके मनुष्य मंत्रसिद्ध होता है। वह बड़े विघ्नों से मुक्त हो जाता है, बड़े पाप से छुटकारा पाता है, बड़े दोष से मुक्त हो जाता है।

स सर्वविद्भवति स सर्वविद्भवति। य एवं वेदेत्युपनिषत् ॥19॥

इति गणपत्युपनिषत्समाप्ता।

वह सर्वज्ञ हो जाता है। वह सब जानने वाला हो जाता है, कि जो ऐसा जान लेता है।

इस प्रकार गणपत्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(92) जाबालदर्शनोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस सामवेदीय उपनिषत् को 'दर्शनोपनिषत्' भी कहते हैं। इसमें कुल दस खण्ड हैं। इसमें दत्तात्रेय और सांकृति की अष्टांग योग के बारे में प्रश्नोत्तरी है। प्रथम खण्ड में आठ अंगों तथा दस यमों का, द्वितीय में दस नियमों का, तृतीय में नौ यौगिक आसनों का, चौथे में नाड़ियों का परिचय दिया गया है और इसके साथ आत्मतीर्थ तथा आत्मज्ञान की महिमा बताई गई हैं। पाँचवें में नाड़ीशोधन की प्रक्रिया तथा आत्मशोधन की विधियाँ बताई गई हैं। छठे खण्ड में प्राणायामविधि, उसके प्रकार, फलप्रयोग आदि का उल्लेख है। सातवें में प्रत्याहार तथा उसके प्रकारों का प्रतिपादन है। आठवें और नवें खण्ड में धारणा और ध्यान का वर्णन किया है और दसवें में समाधि अवस्था का वर्णन है। फलश्रुति भी है। इस तरह से यह पूरी उपनिषत् योगपरक ही है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि---ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमः खण्डः

दत्तात्रेयो महायोगी भगवान्भूतभावनः।
चतुर्भुजो महाविष्णुर्योगसाम्राज्यदीक्षितः ॥1॥
तस्य शिष्यो मुनिवरः सांकृतिर्नाम भक्तिमान्।
पप्रच्छ गुरुमेकान्ते प्राञ्जलिर्विनयान्वितः ॥2॥
भगवन्ब्रूहि मे योगं साष्टाङ्गं सप्रपञ्चकम्।
येन विज्ञातमात्रेण जीवन्मुक्तो भवाम्यहम् ॥3॥

महायोगी भगवान् दत्तात्रेय प्राणियों का कल्याण करने वाले थे। वे योगसाम्राज्य में दीक्षित थे और चतुर्भुजधारी महाविष्णु भगवान् के अवतार थे। मुनियों में श्रेष्ठ सांकृति नाम का उनका एक शिष्य था। एक बार भक्तिमान् उस शिष्य ने दोनों हाथ जोड़कर विनयपूर्वक एकान्त में गुरु से पूछा कि—'भगवन्! आठ अंगों के साथ योग का मुझे विस्तार से उपदेश दीजिए कि जिसको जानने से ही मैं जीवन्मुक्त हो जाऊँ।'

सांकृते शृणु वक्ष्यामि योगं साष्टाङ्गदर्शनम्।
यमश्च नियमश्चैव तथैवासनमेव च ॥4॥

प्राणायामस्तथा ब्रह्मन्प्रत्याहारस्ततः परम् ।
धारणा च तथा ध्यानं समाधिश्चाष्टमं मुने ॥5॥
अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम् ।
क्षमाधृतिर्मिताहारः शौचं चैव यमा दश ॥6॥

(यह सुनकर गुरु दत्तात्रेय ने कहा—) 'हे सांकृति, आठ अंगों के साथ योग मैं तुम्हें कह रहा हूँ, सुनो। हे ब्राह्मण ! यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि—ये आठ योग के अंग हैं। अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य, दया, सरलता, क्षमा, धैर्य, मिताहार और अन्तः-बाह्य शौच—ये दश यम कहे जाते हैं।

वेदोक्तेन प्रकारेण विना सत्यं तपोधन ।
कायेन मनसा वाचाऽहिंसाऽहिंसा न चान्यथा ॥7॥
आत्मा सर्वगतोऽछेद्यो न ग्राह्य इति मे मतिः ।
सा चाहिंसा वरा प्रोक्ता मुने वेदान्तवेदिभिः ॥8॥

हे तपोधन ! उनमें वेदविहित हिंसा के सिवा, मन-कर्म-वचन से हिंसा न करना ही सच्ची अहिंसा है। अन्य प्रकार से तो हिंसा नहीं करनी चाहिए। परन्तु आत्मा सर्वव्यापी है और वह छेदा (मारा) नहीं जा सकता, ऐसा मैं मानता हूँ। हे मुनि ! ऐसा मानना ही वेदान्त जानने वालों के मत में श्रेष्ठ अहिंसा है।



चक्षुरादीन्द्रियैर्दृष्टं श्रुतं घ्रातं मुनीश्वर ।
तस्यैवोक्तिर्भवेत्सत्यं विप्र तन्नान्यथा भवेत् ॥9॥
सर्वं सत्यं परं ब्रह्म न चान्यदिति या मतिः ।
तच्च सत्यं वरं प्रोक्तं वेदान्तज्ञानपारगैः ॥10॥
अन्यदीये तृणे रत्ने काञ्चने मौक्तिकेऽपि च ।
मनसा विनिवृत्तिर्या तदस्तेयं विदुर्बुधाः ॥11॥
आत्मन्यनात्मभावेन व्यवहारविवर्जितम् ।
यत्तदस्तेयमित्युक्तमात्मविद्भिर्महामते ॥12॥

हे ब्राह्मण ! चक्षुरादि इन्द्रियों से जो देखा गया हो, सुना गया हो या सूँघा गया हो, उसे उसी प्रकार यथातथ्य कहना ही सत्य कहलाता है। हे मुनिवर ! सत्य अन्यथा नहीं हो सकता। परन्तु, 'परब्रह्म सर्वस्वरूप और सत्य है, और कुछ सत्य नहीं है'—ऐसी जो मान्यता है, उसे ही वेदान्तशास्त्र के पारंगत लोग श्रेष्ठ सत्य मानते हैं। हे बुद्धिमान् ! दूसरों के रत्न में, सोने में, मोती में और तिनके में भी मनोकामना न करने को विद्वान् लोग 'अस्तेय' कहते हैं, परन्तु आत्मवेत्ता लोग तो उसी तरह आत्मा में अनात्मभाव वाले व्यवहारों का त्याग कर देने को भी 'अस्तेय' कहते हैं।

कायेन वाचा मनसा स्त्रीणां परिविवर्जनम् ।
ऋतौ भार्यां तदा स्वस्य ब्रह्मचर्यं तदुच्यते ॥13॥
ब्रह्मभावे मनश्चारं ब्रह्मचर्यं परन्तप ॥14॥
स्वात्मवत्सर्वभूतेषु कायेन मनसा गिरा ।
अनुज्ञा या दया सैव प्रोक्ता वेदान्तवेदिभिः ॥15॥

पुत्रे मित्रे कलत्रे च रिपौ स्वात्मनि सन्ततम् ।
एकरूपं मुने यत्तदार्जवं प्रोच्यते मया ॥16॥

मन-वचन-कर्म से स्त्रियों का त्याग करना और अपनी पत्नी के साथ भी ऋतुकाल में ही संभोग करना 'ब्रह्मचर्य' कहा जाता है। और हे शत्रुतापन् ! ब्रह्मभाव में (महाभाव में) मन का चरण (संचरण) हो, उसे भी तो ब्रह्मचर्य कहते हैं। मन-वचन-कर्म से सभी प्राणियों को अपने जैसे ही मानने को ही वेदान्त जानने वाले 'दया' कहते हैं। हे मुनि ! पुत्र, मित्र, शत्रु, स्त्री और अपनी आत्मा—इन सभी में निरन्तर एकरूपता देखने को ही मैं आर्जव (सरलता) कहता (मानता) हूँ।

कायेन मनसा वाचा शत्रुभिः परिपीडिते ।
बुद्धिक्षोभनिवृत्तिर्या क्षमा सा मुनिपुङ्गव ॥17॥
वेदादेव विनिर्मोक्षः संसारस्य न चान्यथा ।
इति विज्ञाननिष्पत्तिर्धृतिः प्रोक्ता हि वैदिकैः ।
अहमात्मा न चान्योऽस्मीत्येवमप्रच्युता मतिः ॥18॥
अल्पमृष्टाशनाभ्यां च चतुर्थांशावशेषकम् ।
तस्माद्योगानुगुण्येन भोजनं मितभोजनम् ॥19॥
स्वदेहमलनिर्मोक्षो मृज्जलाभ्यां महामुने ।
यत्तच्छौचं भवेद्बाह्यं मानसं मननं विदुः ।
अहं शुद्ध इति ज्ञानं शौचमाहुर्मनीषिणः ॥20॥

हे मुनिवर ! शत्रु लोग मन-वचन-काया से पीड़ा पहुँचाएँ, तो भी बुद्धि का क्षुब्ध न होना ही 'क्षमा' है। 'वेद-ज्ञान से ही संसार से छुटकारा होता है, ज्ञान के सिवा मुक्ति नहीं होती'—इस प्रकार की अनुभूति हो और 'मैं आत्मा ही हूँ, और कुछ नहीं हूँ'—इस प्रकार की अस्खलित विभावना हो, उसी को वेदज्ञ लोग 'धृति' कहते हैं। पेट का चौथा भाग खाली रखकर परिमित, शुद्ध और योग के अनुकूल आहार को 'मिताहार' कहते हैं। हे महामुनि ! मिट्टी और जल से अपने शरीर के मैल को दूर करना बाह्य शौच होता है। और 'मैं तो शुद्ध ही हूँ'—इस प्रकार का मनन करना और इस प्रकार मन में अच्छी तरह से समझना, उसे विद्वान् लोग मानस शौच कहते हैं।

अत्यन्तमलिनो देहो देही चात्यन्तनिर्मलः ।
उभयोरन्तरं ज्ञात्वा कस्य शौचं विधीयते ॥21॥
ज्ञानशौचं परित्यज्य बाह्ये यो रमते नरः ।
स मूढः काञ्चनं त्यक्त्वा लोष्टं गृह्णाति सुव्रत ॥22॥
ज्ञानामृतेन तृप्तस्य कृतकृत्यस्य योगिनः ।
न चास्ति किञ्चित्कर्तव्यमस्ति चेन्न स तत्त्ववित् ॥23॥
लोकत्रयेऽपि कर्तव्यं किञ्चिन्नास्त्यात्मवेदिनाम् ॥24॥
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन मुनेऽहिंसादिसाधनैः ।
आत्मानमक्षरं ब्रह्म विद्धि ज्ञानात्तु वेदनात् ॥25॥

इति प्रथमः खण्डः ।

शरीर तो बहुत मलिन है और आत्मा अत्यन्त निर्मल है—इस प्रकार उन दोनों का भेद समझकर फिर तो उन दो में से किसका शौच किया जाए ? हे सुव्रत् ! जो पुरुष ज्ञानशौच का त्याग करके केवल

बाह्य शौच में ही रचा-पचा रहता है, वह तो मूढ़ है। वह सोना छोड़कर मिट्टी के पिण्ड को ही मानो स्वीकार करता है। ज्ञानरूपी अमृत से तृप्त हुआ योगी धन्य है, कृतकृत्य है। उसके लिए अब कुछ भी करने को शेष नहीं रहता। यदि उसे कुछ करने की मनीषा होती है, तो वह अभी तत्त्ववेत्ता नहीं हुआ है, क्योंकि आत्मवेत्ताओं के लिए तीनों लोकों में कुछ भी करने को शेष रहता ही नहीं है। इसलिए हे मुनि ! सभी प्रयत्नों से अहिंसा आदि साधनों के द्वारा ज्ञान से और अनुभव से इस आत्मा को तुम अक्षरब्रह्म के रूप में ही जान लो।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

तपः संतोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम्।
सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो व्रतम् ॥1॥
एते च नियमाः प्रोक्तास्तान्वक्ष्यामि क्रमाच्छृणु ॥2॥
वेदोक्तेन प्रकारेण कृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः।
शरीरशोषणं यत्तत्तप इत्युच्यते बुधैः ॥3॥
को वा मोक्षः कथं तेन संसारं प्रतिपन्नवान्।
इत्यालोकनमर्थज्ञास्तपः शंसन्ति पण्डिताः ॥4॥
यदृच्छालाभतो नित्यं प्रीतिर्या जायते नृणाम्।
तत्संतोषं विदुः प्राज्ञाः परिज्ञानैकतत्पराः ॥5॥

तप, सन्तोष, आस्तिकता, दान, ईश्वरपूजन, सिद्धान्तश्रवण, लज्जा, मति, जप, व्रत—ये सब नियम कहे जाते हैं, उनके बारे में मैं क्रमानुसार कह रहा हूँ, इसे तुम सुनो। वेद में बताए गए अनुसार कृच्छ्र, चान्द्रायण आदि व्रतों के द्वारा शरीर को कृश करना ही विद्वानों के द्वारा तप कहा जाता है। और "मोक्ष क्या है ? मैं यहाँ संसार को क्यों प्राप्त हुआ ?"—ऐसी बातों पर चिन्तन करने को भी मर्मज्ञ पण्डित लोग 'तप' कहते हैं। दैवेच्छा से जो भी कुछ आ मिले, उसी में लोगों की जो प्रीति होती है, उसे ही केवल ज्ञानपरायण प्राज्ञ सन्तोष कहते हैं।

ब्रह्मादिलोकपर्यन्ताद्विरक्त्या यल्लभेत्प्रियम्।
सर्वत्र विगतस्नेहः सन्तोषं परमं विदुः।
श्रोते स्मार्ते च विश्वासो यत्तदास्तिक्यमुच्यते ॥6॥
न्यायार्जितधनं श्रान्ते श्रद्धया वैदिके जने।
अन्यद्वा यत्प्रदीयन्ते तद्दानं प्रोच्यते मया ॥7॥
रागाद्यपेतं हृदयं वागदुष्टानृतादिना।
हिंसादिरहितं कर्म यत्तदीश्वरपूजनम् ॥8॥
सत्यं ज्ञानमनन्तं च परानन्दं परं ध्रुवम्।
प्रत्यगित्यवगन्तव्यं वेदान्तेश्रवणं बुधाः ॥9॥

और भी—ब्रह्मलोक आदि लोकों के विषयों पर भी वैराग्य हो जाने से उन सभी पर स्नेहरहित बना हुआ मनुष्य यों ही आ मिली हुई किसी वस्तु को प्रिय मान ले, तो उसे उत्तम सन्तोष कहा जाता

है। श्रौत और स्मार्त कर्मों में श्रद्धा रखना ही आस्तिकता है। न्याय से प्राप्त किया गया धन या अन्य कोई वस्तु यदि कोई वेदानुसारी पुरुष को दे, थके हुए ऐसे मनुष्य को दे, तो उसे मैं दान कहता हूँ। यदि हृदय रागादि दोषों से रहित हुआ हो, वाणी असत्यभाषण से दूषित न हुई हो, और कर्म भी हिंसादि दूषणों से रहित हो, तो वही ईश्वरपूजन है। यह प्रत्यगात्मा सत्यरूप, ज्ञानरूप, अनन्त, परमानन्दस्वरूप और सर्व से परे है, ऐसी समझदारी को विद्वान् लोग वेदान्तश्रवण कहते हैं।

वेदलौकिकमार्गेषु कुत्सितं कर्म यद्भवेत्।
तस्मिन्भवति या लज्जा ह्रीः सैवेति प्रकीर्तिता ॥10॥
वैदिकेषु च सर्वेषु श्रद्धा या सा मतिर्भवेत्।
गुरुणा चोपदिष्टोऽपि तत्र सम्बन्धवर्जितः ॥11॥
वेदोक्तेनैव मार्गेण मन्त्राभ्यासो जपः स्मृतः।
कल्पसूत्रे तथा वेदे धर्मशास्त्रे पुराणके ॥12॥
इतिहासे च वृत्तिर्या स जपः प्रोच्यते मया।
जपस्तु द्विविधः प्रोक्तो वाचिको मानसस्तथा ॥13॥

वेदों में और लौकिक मार्गों में जो कुत्सित (निन्दनीय) कर्म माना जाता है, उस निन्द्य कार्य में जो शर्म आती है उसे 'लज्जा' कहा जाता है। और वैदिक कार्यों में जो श्रद्धा होती हो, उसे 'मति' कहा जाता है। गुरु ने उपदेश किया हो, फिर भी उसके बारे में कोई सम्बन्ध न रखकर केवल वेदोक्त मार्ग से ही जो मन्त्राभ्यास किया जाता है, उसे जप कहा जाता है। और भी कल्पसूत्र में, वेद में, धर्मशास्त्र में, पुराण में और इतिहास में जो वृत्ति रहती है, इसको मैं जप कहता हूँ। जप वाचिक और मानसिक के भेद से दो प्रकार का होता है।

वाचिकोपांशुरुच्चैश्च द्विविधः परिकीर्तितः।
मानसो मननध्यानभेदाद्द्वैविध्यमाश्रितः ॥14॥
उच्चैर्जपादुपांशुश्च सहस्रगुणमुच्यते।
मानसश्च तथोपांशोः सहस्रगुणमुच्यते ॥15॥
उच्चैर्जपश्च सर्वेषां यथोक्तफलदो भवेत्।
नीचैः श्रोत्रेण चेन्मन्त्रः श्रुतश्चेन्निष्फलं भवेत् ॥16॥

इति द्वितीयः खण्डः।

उनमें भी वाचिक जप दो प्रकार का है—उपांशु (धीमा) और उच्चैः (ऊँचा)। और मानसिक जप भी दो प्रकार का है—एक मनन से और दूसरा ध्यान से। उच्च स्वर से जपने की उपेक्षा उपांशु (धीमे से) जपने का हजार गुना फल होता है। और उपांशु जप से भी मानसिक जप तो उससे भी हजार गुना ज्यादा फल देने वाला होता है। उच्च स्वर से जप करना तो मेरे कहने के अनुसार फलदायी होता ही है, परन्तु धीमे से जप करते समय अगर वह कानों से सुना जाए, तो वह निष्फल जाता है।

यहाँ दूसरा खण्ड पूरा होता है।

❋

तृतीयः खण्डः

स्वस्तिकं गोमुखं पद्मं वीरसिंहासने तथा ।
भद्रं मुक्तासनं चैव मयूरासनमेव च ॥1॥
सुखासनसमाख्यं च नवमं मुनिपुङ्गव ।
जानूर्वोरन्तरे कृत्वा सम्यक् पादतले उभे ॥2॥
समग्रीवशिरःकायः स्वस्तिकं नित्यमभ्यसेत् ।
सव्ये दक्षिणगुल्फं तु पृष्ठपार्श्वे नियोजयेत् ॥3॥
दक्षिणेऽपि तथा सव्यं गोमुखं तत्प्रचक्षते ।
अङ्गुष्ठावधि गृह्णीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमेण तु ॥4॥
ऊर्वोरुपरि विप्रेन्द्र कृत्वा पादतलद्वयम् ।
पद्मासनं भवेत्प्राज्ञ सर्वरोगभयापहम् ॥5॥

हे मुनिवर ! स्वस्तिक, गोमुख, पद्मासन, वीरासन, सिंहासन, भद्रासन, मुक्तासन, मयूरासन और सुखासन—इस तरह नव प्रकार के आसन होते हैं। उनमें से जब घुटनों और जाँघों के बीच में दोनों पैर के तलों को अच्छी तरह से रख देने से तथा गर्दन, मस्तक और शरीर को सीधा रखकर बैठने से स्वस्तिक–आसन बनता है। इसका नित्य अभ्यास करना चाहिए। अब जब दाहिने पैर के टखने को, पीछे की बाँयीं ओर तथा बाँयें पैर के टखने को पीछे की दाहिनी ओर ले लिया जाए तो वह गोमुखासन कहलाता है ! हे द्विजश्रेष्ठ ! दोनों पैरों पर दोनों जाँघों को रखकर उन्हें उल्टे हाथों से अँगूठे तक पकड़ रखा जाय तो वह पद्मासन बन जाता है। हे बुद्धिमान् ! यह आसन सभी प्रकार के रोगों के भय का नाश कर देता है।

दक्षिणेतरपादं तु दक्षिणोरुणि विन्यसेत् ।
ऋजुकायः समासीनो वीरासनमुदाहृतम् ॥6॥
गुल्फौ तु वृषणस्याधः सीवन्याः पार्श्वयोः क्षिपेत् ।
पार्श्वपादौ च पाणिभ्यां दृढं बद्ध्वा सुनिश्चलम् ।
भद्रासनं भवेदेतद्विषरोगविनाशम् ॥7॥
निपीड्य सीवनीं सूक्ष्मं दक्षिणेतरगुल्फतः ।
वामं याम्येन गुल्फेन मुक्तासनमिदं भवेत् ॥8॥
मेढ्रादुपरि निक्षिप्य सव्यं गुल्फं ततोपरि ।
गुल्फान्तरं च संक्षिप्य मुक्तासनमिदं मुने ॥9॥

बाँयें पैर को दाहिनी जाँघ पर रखें और बाद में शरीर को सीधा करके बैठें, तो इसे वीरासन कहते हैं। दोनों टखनों को अण्डकोश के नीचे सीवनी के दोनों पार्श्वों पर लगाकर रखें तथा दोनों हाथों से पार्श्वों और पैरों को मजबूती से बाँधकर एकाग्र होकर बैठें। ऐसा करने से समस्त विषरोगों का विनाश करने वाला भद्रासन होता है। सीवनी की सूक्ष्मरेखा को बाँयें टखने से दबाकर दाँये टखने से बाँया भाग दबाने से मुक्तासन बनता है। और भी हे मुनि ! (अन्य) लिंग के ऊपर दाहिनी घूँटी रखकर, उस पर दूसरी घूँटी रखने से बैठना भी मुक्तासन ही है।

कूर्पराग्रे मुनिश्रेष्ठ निक्षिपेन्नाभिपार्श्वयोः ।
भूम्यां पाणितलद्वन्द्वं निक्षिप्यैकाग्रमानसः ॥10॥
सुमुन्नतशिरःपादो दण्डवद्व्योम्नि संस्थितः ।
मयूरासनमेतत्स्यात्सर्वपापप्रणाशनम् ॥11॥
येन केन प्रकारेण सुखं धैर्यं च जायते ।
तत्सुखासनमित्युक्तमशक्तस्तत्समाश्रयेत् ॥12॥
आसनं विजितं येन जितं तेन जगत्त्रयम् ।
अनेन विधिना युक्तः प्राणायामं सदा कुरु ॥13॥

इति तृतीयः खण्डः ।

हे मुनिश्रेष्ठ ! कुहनियों के दोनों अग्रभाग नाभि के दोनों पार्श्वों में पहले स्थापित करने चाहिए। फिर दोनों करतलों को जमीन पर रखकर, एकाग्र मन से मस्तक और दो पैर ऊँचे आकाश में ले जाकर लाठी की तरह सीधा रहना चाहिए। इसे मयूरासन कहते हैं। यह सभी पापों का नाश करने वाला है। जिस किसी भी प्रकार से सुख हो और धैर्य रहे, उस प्रकार से बैठना चाहिए। इसे सुखासन कहते हैं। अन्य आसन करने में अशक्त मनुष्य को यही सुखासन करना चाहिए। जिसने आसन को जीत लिया है, उसने तीनों जगतों को (भुवनों को) जीत लिया है। इसलिए तुम इस विधि से युक्त होकर सदा प्राणायाम करते रहो।

यहाँ तीसरा खण्ड पूरा हुआ।

❋

चतुर्थः खण्डः

शरीरं तावदेव स्यात्षण्णवत्यङ्गुलात्मकम् ।
देहमध्ये शिखिस्थानं तप्तजाम्बूनदप्रभम् ॥1॥
त्रिकोणं मनुजानां तु सत्यमुक्तं हि सांकृते ।
गुदात्तु द्व्यङ्गुलादूर्ध्वं मेढ्रात्तु द्व्यङ्गुलादधः ॥2॥
देहमध्यं मुनिप्रोक्तमनुजानीहि सांकृते ।
कन्दस्थानं मुनिश्रेष्ठ मूलाधारान्नवाङ्गुलम् ॥3॥
चतुरङ्गुलमायामविस्तारं मुनिपुङ्गव ।
कुक्कुटाण्डसमाकारं भूषितं तु त्वगादिभिः ॥4॥

शरीर छियानबे अगुलों के परिमाण वाला है। मनुष्यों के शरीर के बीच तीन कोनों वाला अग्नि का स्थान है। वह तपाए गए सुवर्ण जैसी कान्तिवाला है। हे सांकृति ! यह मैंने ठीक ही कहा है। गुदा से दो अंगुल ऊपर और लिंग से दो अंगुल नीचे शरीर का मध्य भाग है, ऐसा मुनि लोग कहते हैं। हे मुनिवर सांकृति ! मूलाधार से नव अंगुल के अन्तर में कन्द है, ऐसा तुम जानो। हे मुनिवर ! वह (कन्द) चार अंगुल लम्बा–चौड़ा कुक्कुट (मुर्गे) के अण्डे जैसे आकारवाला और त्वचा आदि से भूषित है।

तन्मध्ये नाभिरित्युक्तं योगज्ञैर्मुनिपुङ्गव ।
कन्दमध्यस्थिता नाडी सुषुम्नेति प्रकीर्तिता ॥5॥

तिष्ठन्ति परितस्तस्या नाडयो मुनिपुङ्गव ।
द्विसप्ततिसहस्राणि तासां मुख्याश्चतुर्दश ॥6॥
सुषुम्ना पिङ्गला तद्वदिडा चैव सरस्वती ।
पूषा च वरुणा चैव हस्तिजिह्वा यशस्विनी ॥7॥
अलम्बुसा कुहूश्चैव विश्वोदरी तपस्विनी ।
शङ्खिनी चैव गान्धारा इति मुख्याश्चतुर्दश ॥8॥

हे मुनिश्रेष्ठ ! उसके बीच में नाभि है, ऐसा योग जानने वाले कहते हैं । उस कन्द के बीच में जो नाड़ी आई है, उसे सुषुम्ना कहते हैं । हे मुनिवर ! उस नाड़ी के चारों ओर बहत्तर हजार नाड़ियाँ आई हुई हैं । उनमें चौदह मुख्य हैं । ये चौदह मुख्य नाड़ियाँ—सुषुम्ना, पिंगला, इडा, सरस्वती, पूषा, वरुणा, हस्तिजिह्वा, यशस्विनी, अलम्बुसा, कुहू, विश्वोदरी, तपस्विनी, शंखिनी और गान्धारा नाम की हैं ।

आसां मुख्यतमास्तिस्रस्तिसृष्वेकोत्तमोत्तमा ।
ब्रह्मनाडीति सा प्रोक्ता मुने वेदान्तवेदिभिः ॥9॥
पृष्ठमध्यस्थितेनास्थ्ना वीणादण्डेन सुव्रत ।
सह मस्तकपर्यन्तं सुषुम्ना सुप्रतिष्ठिता ॥10॥
नाभिकन्दादधः स्थानं कुण्डल्या द्व्यङ्गुल मुने ।
अष्टप्रकृतिरूपा सा कुण्डली मुनिसत्तम ॥11॥
यथावद्वायुचेष्टां च जलान्नादीनि नित्यशः ।
परितः कन्दपार्श्वेषु निरुध्यैव सदा स्थिता ॥12॥

इन चौदह नाड़ियों में भी तीन ही मुख्य हैं । और उन तीनों में भी एक ही नाड़ी—सुषुम्ना सर्वश्रेष्ठ मानी गई है । इसे वेदान्त जानने वाले 'ब्रह्मनाड़ी' कहते हैं । यह सुषुम्ना नाड़ी पीठ के बीच में स्थित वीणादण्ड (मेरुदण्ड) नाम के हड्डियों के समूह में से होती हुई मस्तक तक पहुँचती है । हे मुनि ! नाभिकन्द के नीचे दो अंगुल का कुण्डलिनी का स्थान है । हे मुनिवर ! वह कुण्डलिनी आठ प्रकृतिरूप है । और वह वायु की चेष्टा को ठीक तरह से सन्तुलित करती रहती है तथा जल और अन्न आदि को कन्द के चारों ओर रोकती रहती है ।

स्वमुखेन समावेष्ट्य ब्रह्मरन्ध्रमुखं मुने ।
सुषुम्नाया इडा सव्ये दक्षिणे पिङ्गला स्थिता ॥13॥
सरस्वती कुहूश्चैव सुषुम्नापार्श्वयोः स्थिते ।
गान्धारा हस्तिजिह्वा च इडायाः पृष्ठपूर्वयोः ॥14॥
पूषा यशस्विनी चैव पिङ्गला पृष्ठपूर्वयोः ।
कुहोश्च हस्तिजिह्वाया मध्ये विश्वोदरी स्थिता ॥15॥
यशस्विन्याः कुहोर्मध्ये वरुणा सुप्रतिष्ठिता ।
पूषायाश्च सरस्वत्या मध्ये प्रोक्ता यशस्विनी ॥16॥

उसने अपने मुख से ब्रह्मरन्ध्र का मुख ढँककर रखा है । हे मुनि ! सुषुम्ना की बाँयीं ओर इडा नाडी है, और दाहिनी ओर पिंगला है । तथा सरस्वती और कुहू नाड़ियाँ भी सुषुम्ना के दोनों ओर स्थित हैं । और गांधारा तथा हस्तिजिह्वा इडा की पीठ के दोनों पार्श्वों में अवस्थित हैं । पूषा और यशस्विनी

नाड़ियाँ पिंगला नाड़ी के पीठ के पूर्व भाग में आई हुई है, और विश्वोदरी नाड़ी कुहू तथा हस्तिजिह्वा के बीच में आई हुई है । यशस्विनी तथा कुहू के बीच में वरुणा स्थित है । और पूषा तथा सरस्वती के बीच यशस्विनी कही जाती है ।

गान्धारायाः सरस्वत्या मध्ये प्रोक्ता च शङ्खिनी ।
अलम्बुसा स्थिता पायुपर्यन्तं कन्दमध्यगा ॥17॥
पूर्वभागे सुषुम्नाया राकायाः संस्थिता कुहूः ।
अधश्चोर्ध्वं स्थिता नाडी याम्यनासान्तमिष्यते ॥18॥
इडा तु सव्यनासान्तं संस्थिता मुनिपुङ्गव ।
यशस्विनी च वामस्य पादाङ्गुष्ठान्तमिष्यते ॥19॥
पूषा वामाक्षिपर्यन्ता पिङ्गलायास्तु पृष्ठतः ।
पयस्विनी च याम्यस्य कर्णान्तं प्रोच्यते बुधैः ॥20॥

गांधारा और सरस्वती के बीच में शंखिनी का स्थान है । और अलंबुसा नाड़ी कन्द के बीच से होकर गुदा तक पहुँची हुई है । सुषुम्ना नाड़ी पूर्णिमा जैसी है । उसके पूर्वभाग में ऊपर और नीचे कुहू नाड़ी स्थित है, और वह बाँयीं नासिका तक पहुँची हुई है । हे मुनिवर ! इडा नाड़ी दाहिनी नासिका तक पहुँची हुई है, और यशस्विनी नाड़ी बाँयें पैर के अँगूठे तक बढ़ी हुई है । पिंगला के पीछे पूषा नाड़ी बायीं आँख तक पहुँची हुई है, और पयस्विनी बाँये कान तक पहुँची हुई है, ऐसा विद्वान् मानते हैं ।

सरस्वती तथा चोर्ध्वं गता जिह्वा तथा मुने ।
हस्तिजिह्वा तथा सव्यपादाङ्गुष्ठान्तमिष्यते ॥21॥
शङ्खिनी नाम या नाडी सव्यकर्णान्तमिष्यते ।
गान्धारा सव्यनेत्रान्ता प्रोक्ता वेदान्तवेदिभिः ॥22॥
विश्वोदराभिधा नाडी कन्दमध्ये व्यवस्थिता ।
प्राणोऽपानस्तथा व्यानः समानोदान एव च ॥23॥
नागः कूर्मश्च कृकरो देवदत्तो धनञ्जयः ।
एते नाडीषु सर्वासु चरन्ति दश वायवः ॥24॥

हे मुनि ! सरस्वती जिह्वा के ऊपर पहुँची हुई है और हस्तिनी दाहिने पैर के अँगूठे तक पहुँची हुई मानी जाती है । शंखिनी नाम की नाड़ी दाहिने कान तक है और गांधारा दाहिनी आँख तक है, ऐसा वेदान्त जानने वाले कहते हैं । विश्वोदरा नाम की नाड़ी कन्द के बीच में अवस्थित है । प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान, नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त और धनंजय—ये दश वायु सभी नाड़ियों में विचरण करते हैं ।

तेषु प्राणादयः पञ्च मुख्याः पञ्चसु सुव्रत ।
प्राणसंज्ञस्तथापानः पूज्यः प्राणस्तयोर्मुने ॥25॥
आस्यनासिकयोर्मध्ये नाभिमध्ये तथा हृदि ।
प्राणसंज्ञोऽनिलो नित्यं वर्तते मुनिसत्तम ॥26॥
अपानो वर्तते नित्यं गुदमध्योरुजानुषु ।
उदरे सकले कट्यां नाभौ जङ्घे च सुव्रत ॥27॥

व्यानः श्रोत्राक्षिमध्ये च ककुद्भ्यां गुल्फयोरपि ।
प्राणस्थाने गले चैव वर्तते मुनिपुङ्गव ॥28॥
उदानसंज्ञो विज्ञेयः पादयोर्हस्तयोरपि ।
समानः सर्वदेहेषु व्याप्य तिष्ठत्यसंशयः ॥29॥

हे उत्तमव्रतधारी ! इन दश वायुओं में प्राण आदि पहले पाँच मुख्य हैं । इन पाँचों में भी प्राण और अपान मुख्य हैं और उन दोनों में भी प्राण मुख्य हैं (पूज्य है) । हे मुनिवर ! यह प्राणवायु मुख और नाक के बीच, नाभि में तथा हृदय में सदा रहता है । हे सुव्रत ! अपानवायु गुदा के बीच में, दोनों जाँघों में, घुटनों में, समग्र उदर में कमर में, नाभि में तथा दोनों पिण्डलियों में सदा रहता है । हे मुनिवर ! व्यान वायु आँखों और कानों के बीच, दोनों कन्धों में, प्राणों के स्थानों और कण्ठ में भी रहता है । उदान नामक वायु दोनों पैरों में, दोनों हाथों में रहता है और समानवायु सारे देह को व्याप्त करके रहता है, निश्चय ही ऐसा है ।

नागादिवायवः पञ्च त्वगस्थ्यादिषु संस्थिताः ।
निश्वासोच्छ्वासकासाश्च प्राणकर्म हि सांकृते ॥30॥
अपानाख्यस्य वायोस्तु विण्मूत्रादिविसर्जनम् ।
समानः सर्वसामीप्यं करोति मुनिपुङ्गव ॥31॥
उदान ऊर्ध्वगमनं करोत्येव न संशयः ।
व्यानो विवादकृत्प्रोक्तो मुने वेदान्तवेदिभिः ॥32॥
उद्गारादिगुणः प्रोक्तो व्यानाख्यस्य महामुने ।
धनंजयस्य शोभादि कर्म प्रोक्तं हि सांकृते ॥33॥
निमीलनादि कूर्मस्य क्षुधा तु कृकरस्य च ।
देवदत्तस्य विप्रेन्द्र तन्द्रीकर्म प्रकीर्तितम् ॥34॥

हे सांकृति ! नाग आदि पाँच वायु त्वचा एवं अस्थियों आदि में रहते हैं । श्वासोच्छ्वास और खाँसी आदि प्राण के कार्य हैं । विष्टा, मूत्र आदि को बाहर निकालने का काम अपान का है । और हे मुनिवर ! समानवायु सब की समीपता करता है । उदान वायु ऊर्ध्व गति ही करता है, इसमें कोई सन्देह नहीं । और हे मुनि ! वेदान्त को जानने वालों ने व्यान वायु को विवाद करने वाला माना है । हे महामुनि सांकृति ! डकार आदि गुण व्यान के होते हैं । और धनंजय का काम शोभा आदि बताया गया है । हे द्विजश्रेष्ठ ! आँखें बन्द करना आदि काम कूर्म वायु का है । क्षुधा उत्पन्न करने का काम कृकर का है । और आलस्य आदि कार्य देवदत्त के कहे जाते हैं ।

सुषुम्नायाः शिवो देव इडाया देवता हरिः ।
पिङ्गलाया विरञ्चिः स्यात्सरस्वत्या विराण्मुने ॥35॥
पूषाधिदेवता प्रोक्ता वरुणा वायुदेवता ।
हस्तिजिह्वाभिधायास्तु वरुणो देवता भवेत् ॥36॥
यशस्विन्या मुनिश्रेष्ठ भगवान्भास्करस्तथा ।
अलम्बुसाया अम्बात्मा वरुणः परिकीर्तितः ॥37॥
कुहोः क्षुद्देवता प्रोक्ता गान्धारी चन्द्रदेवता ।
शङ्खिन्याश्चन्द्रमास्तद्वत्पयस्विन्याः प्रजापतिः ॥38॥

हे मुनि ! सुषुम्ना नाड़ी के देवता शंकर हैं, इडा के देव विष्णु हैं, पिंगला के देव ब्रह्मा हैं और सरस्वती के देवता विराट् है । पूषा के देव पूषा हैं, वरुणा के देव वायु हैं, हस्तिजिह्वा के देव वरुण हैं । हे मुनिवर ! यशस्विनी के देव भगवान् सूर्य हैं, अलम्बुसा ने देव जलमय वरुण हैं, कुहू के देव क्षुधा है, गान्धारा के देव चन्द्र हैं, शंखिनी के देव भी चन्द्रमा ही हैं । पयस्विनी के देव प्रजापति हैं ।

विश्वोदराभिधायास्तु भगवान्पावकः पतिः ।
इडायां चन्द्रमा नित्यं चरत्येव महामुने ॥39॥
पिङ्गलायां रविस्तद्वन्मुने वेदविदां वर ।
पिङ्गलायामिडायां तु वायोः सङ्क्रमणं तु यत् ॥40॥
तदुत्तरायणं प्रोक्तं मुने वेदान्तवेदिभिः ।
इडायां पिङ्गलायां तु प्राणसङ्क्रमणं मुने ॥41॥
दक्षिणायनमित्युक्तं पिङ्गलायामिति श्रुतिः ।
इडापिङ्गलयोः सन्धिं यदा प्राणः समागतः ॥42॥
अमावास्या तदा प्रोक्ता देहे देहभृतां वर ।
मूलाधारं यदा प्राणः प्रविष्टः पण्डितोत्तम ॥43॥

विश्वोदरा नामक नाड़ी के देव भगवान् अग्नि हैं, और हे मुनि ! इडा में नित्य चन्द्र घूमता है । हे श्रेष्ठ वेदज्ञ मुनि ! इसी तरह पिंगला में नित्य सूर्य घूमता (विचरण करता) है । और पिंगला में से इडा में वायु का जो संचार होता है उसे ही वेदान्त जानने वाले लोग संवत्सरात्मक 'उत्तरायण' नाम से कहते हैं । हे मुनि ! इडा में से पिंगला में जो प्राणवायु का गमन होता है उसे श्रुति दक्षिणायन कहती है । जिस समय प्राण इड़ा और पिंगला के बीच की ग्रन्थि में आता है, तो उसी समय प्राणियों के देह में अमावास्या कही जाती है । हे श्रेष्ठ पण्डित ! हे नरश्रेष्ठ ! जिस समय प्राणवायु मूलाधार में प्रवेश करता है, उस समय तपस्वी लोग उसे—

तदाद्यं विषुवं प्रोक्तं तापसैस्तापसोत्तम ।
प्राणसंज्ञो मुनिश्रेष्ठ मूर्धानं प्राविशद्यदा ॥44॥
तदन्त्यं विषुवं प्रोक्तं तापसैस्तत्त्वचिन्तकैः ।
निःश्वासोच्छ्वासनं सर्वं मासानां सङ्क्रमो भवेत् ॥45॥
इडायाः कुण्डलीस्थानं यदा प्राणः समागतः ।
सोमग्रहणमित्युक्तं तदा तत्त्वविदां वर ॥46॥
यदा पिङ्गलया प्राणः कुण्डलीस्थानमागतः ।
तदा तदा भवेत्सूर्यग्रहणं मुनिपुङ्गव ॥47॥

—पहला विषुव काल कहते हैं । हे तपस्वियों में श्रेष्ठ ! हे मुनिवर ! जिस समय प्राणवायु मस्तक में प्रवेश करता है उस समय को तत्त्वचिन्तक ज्ञानी लोग 'अन्तिम विषुवकाल' कहते हैं । और जो श्वासोच्छ्वास निरन्तर चला करता है उसी को वे मासों (महीनों) का आना-जाना कहते हैं । हे श्रेष्ठ तत्त्वज्ञ ! प्राणवायु जब इडा के द्वारा कुण्डली स्थान में आया होता है, तब चन्द्रग्रहण का होना कहा जाता है और जब पिंगला के द्वारा प्राण कुण्डलिनी स्थान में आता है तब हे मुनिवर ! सूर्यग्रहण हुआ, ऐसा समझा जाता है ।

श्रीपर्वतं शिरःस्थाने केदारं तु ललाटके ।
वाराणसी महाप्राज्ञ भ्रुवोर्घ्राणस्य मध्यमे ॥48॥
कुरुक्षेत्रं कुचस्थाने प्रयागं हृत्सरोरुहे ।
चिदम्बरं तु हृन्मध्ये आधारे कमलालयम् ॥49॥
आत्मतीर्थं समुत्सृज्य बहिस्तीर्थानि यो व्रजेत् ।
करस्थं स महारत्नं त्यक्त्वा काचं विमार्गते ॥50॥

मस्तक के स्थान में श्रीपर्वत है और ललाट में केदारक्षेत्र है । हे महाबुद्धिशाली ! दोनों भौंहों और नाक के बीच में काशीक्षेत्र है । स्तन के स्थान में कुरुक्षेत्र है । हृदयकमल में प्रयागतीर्थ है और हृदय के बीच में चिदाकाश है एवं मूलाधार में लक्ष्मी का स्थान है । इस प्रकार अपने ही भीतर में सब तीर्थ अवस्थित हैं, फिर भी जो मनुष्य बाहर के तीर्थों में जाता है, वह तो हाथ में रखे गए उत्तम रत्न को छोड़कर काच को ही खोजता फिरता है ।

भावतीर्थं परं तीर्थं प्रमाणं सर्वकर्मसु ।
अन्यथालिङ्ग्यते कान्ता अन्यथालिङ्ग्यते सुता ॥51॥
तीर्थानि तोयपूर्णानि देवान्काष्ठादिनिर्मितान् ।
योगिनो न प्रपूज्यन्ते स्वात्मप्रत्ययकारणात् ॥52॥
बहिस्तीर्थात्परं तीर्थमन्तस्तीर्थं महामुने ।
आत्मतीर्थं महातीर्थमन्यत्तीर्थं निरर्थकम् ॥53॥

भावतीर्थ ही उत्तम तीर्थ है । और वही सभी कर्मों में प्रमाणभूत है । स्त्री का आलिंगन एक अलग भाव से किया जाता है, और पुत्री का आलिंगन किसी अलग भाव से ही किया जाता है । योगियों को तो अपने आत्मा में ही पूरा विश्वास होता है और इसी कारण से वे लोग पानी से भरे हुए बाहर के तीर्थों में नहीं जाते और काष्ठादि से बने हुए देवों की पूजा नहीं करते । हे मुनि ! बाहर के तीर्थ की अपेक्षा भीतर का तीर्थ उत्तम है, और आत्मरूप तीर्थ ही सबसे बड़ा तीर्थ है । अन्य सभी तीर्थ तो निरर्थक ही हैं ।

चित्तमन्तर्गतं दुष्टं तीर्थस्नानैर्न शुद्ध्यति ।
शतशोऽपि जलैर्धौतं सुराभाण्डमिवाशुचि ॥54॥
विषुवायनकालेषु ग्रहणे चान्तरे सदा ।
वाराणस्यादिके स्थाने स्नात्वा शुद्धो भवेन्नरः ॥55॥
ज्ञानयोगपराणां तु पादप्रक्षालितं जलम् ।
भावशुद्ध्यर्थमज्ञानां तत्तीर्थं मुनिपुङ्गव ॥56॥
तीर्थे दाने जपे यज्ञे काष्ठे पाषाणके सदा ।
शिवं पश्यति मूढात्मा शिवे देहे प्रतिष्ठिते ॥57॥

सैंकड़ों बार पानी से धोए जाने पर भी शराब का बरतन जैसे अपवित्र ही रहता है, उसी तरह हमारे भीतर स्थित चित्त बाहर के तीर्थस्थानों से पवित्र (शुद्ध) नहीं होता । विषुवकाल और उत्तरायण के काल में और ग्रहण के समय में तथा और किसी समय में, काशी आदि तीर्थों में स्नान करके मनुष्य शुद्ध होता है, पर हे मुनिवर ! जो लोग ज्ञान के योग में परायण होते हैं, उनके धोए हुए पैरों का जल तो अज्ञानियों की भावशुद्धि के लिए प्रसिद्ध तीर्थरूप ही माना जाता है । अपने स्वयं के शरीर में शिव

उपस्थित ही हैं, फिर भी मूढात्मा मनुष्य तीर्थ, जप, दान और काष्ठ-पाषाण की मूर्तियों में शिव को देखता है (वहाँ ढूँढ़ने का प्रयास करता है) ।

अन्तःस्थं मां परित्यज्य बहिष्ठं यस्तु सेवते ।
हस्तस्थं पिण्डमुत्सृज्य लिहेत्कूर्परमात्मनः ॥58॥
शिवमात्मनि पश्यन्ति प्रतिमासु न योगिनः ।
अज्ञानां भावनार्थाय प्रतिमाः परिकल्पिताः ॥59॥
अपूर्वमपरं ब्रह्म स्वात्मानं सत्यमद्वयम् ।
प्रज्ञानघनमानन्दं यः पश्यति स पश्यति ॥60॥

परमेश्वर स्वयं ही यह कहते हैं कि—मनुष्य अपने ही भीतर उपस्थित रहने वाले मुझ परमेश्वर को छोड़कर के जो बाहर में रहे हुए मेरी पूजा (उपासना) करता है, वह अपने हाथ में ही रहे हुए शक्कर (या मिठाई) के टुकड़े को छोड़कर मानो अपनी कोहनी को ही चाट रहा है । योगी लोग तो अपने में ही शिव को देखते हैं, प्रतिमाओं में नहीं देखते । प्रतिमाएँ तो जो लोग अज्ञानी हैं उनमें भावना उत्पन्न हो, इसलिए कल्पित की गई हैं । जो मनुष्य अपने आत्मा को ही सत्य, अद्वैत, प्रज्ञानमय और आनन्दरूप अपरब्रह्म के रूप में देखता है, वही यथार्थ देखता है ।

नाडीपुञ्जं सदाऽसारं नरभावं महामुने ।
समुत्सृज्यात्मनात्मानमहमित्येव धारय ॥61॥
अशरीरं शरीरेषु महान्तं विभुमीश्वरम् ।
आनन्दमक्षरं साक्षान्मत्वा धीरो न शोचति ॥62॥
विभेदजनकेऽज्ञाने नष्टे ज्ञानबलान्मुने ।
आत्मनो ब्रह्मणो भेदमसन्तं किं करिष्यति ॥63॥

इति चतुर्थः खण्डः ।

हे महामुनि ! नाड़ियों के ढेर जैसा मनुष्यत्व तो बिल्कुल ही सारहीन है । इसलिए इसका त्याग करके तुम स्वयं अपनी आत्मा में 'मैं आत्मा हूँ'—इस प्रकार का भाव धारण करो । 'हर एक शरीर में, शरीर से अलग ही आनन्दमय, अविनाशी और व्यापक महान् परमेश्वर सदैव उपस्थित ही है'—ऐसा जानकर धीर पुरुष शोक नहीं करता । हे मुनि ! भेद उत्पन्न करने वाला अज्ञान, जब ज्ञान के बल से नष्ट हो जाता है, तब आत्मा और ब्रह्म में कोई भी भेद रहता ही नहीं । फिर वहाँ भेद को कौन उत्पन्न कर सकेगा ?

यहाँ चौथा खण्ड पूरा हुआ ।

❋

पञ्चमः खण्डः

सम्यक्कथय मे ब्रह्मन्नाडीशुद्धिं समासतः ।
यथा शुद्ध्या सदा ध्यायञ्जीवन्मुक्तो भवाम्यहम् ॥1॥
सांकृते शृणु वक्ष्यामि नाडीशुद्धिं समासतः ।
विध्युक्तकर्मसंयुक्तः कामसंकल्पवर्जितः ॥2॥

यमाद्यष्टाङ्गसंयुक्तः शान्तः सत्यपरायणः ।
स्वात्मन्यवस्थितः सम्यग्ज्ञानिभिश्च सुशिक्षितः ॥3॥

सांकृति ने कहा—'हे ब्रह्मन् ! आप मुझे नाड़ी शुद्धि के बारे में संक्षेप में समझाइए कि जिस शुद्धि के द्वारा हमेशा आत्मा का ध्यान करते हुए मैं जीवन्मुक्त हो जाऊँ ।' तब दत्तात्रेय ने कहा कि—हे सांकृति ! मैं संक्षेप में नाड़ीशुद्धि बताता हूँ, सुनो । पहले तो शास्त्रविहित कर्मों को करते रहना चाहिए और कामनायुक्त संकल्पों का परित्याग करना चाहिए । इसके बाद यम आदि आठ अंगों वाले योग से युक्त होकर, शान्त और सत्यपरायण होकर, ज्ञानियों के पास अच्छी तरह से शिक्षित होना चाहिए । और अपने आत्मा में स्थिति (स्थिरता) करनी चाहिए ।

पर्वताग्रे नदीतीरे बिल्वमूले वनेऽथवा ।
मनोरमे शुचौ देशे मठं कृत्वा समाहितः ॥4॥
आरभ्य चासनं पश्चात्प्राङ्मुखोदङ्मुखोऽपि वा ।
समग्रीवशिरःकायः संवृतास्यः सुनिश्चलः ॥5॥
नासाग्रे शशभृद्बिम्बे बिन्दुमध्ये तुरीयकम् ।
स्रवन्तममृतं पश्येन्नेत्राभ्यां सुसमाहितः ॥6॥

उस समय किसी पर्वत के शिखर पर, नदी के तट पर बिल्ववृक्ष के नीचे मूल के पास अथवा किसी वन के पवित्र मनोरम प्रदेश में आसन लगाकर पूर्वाभिमुख होकर या उत्तराभिमुख होकर बैठना चाहिए । उस समय गरदन, मस्तक और शरीर सीधा रखना चाहिए । मुँह बन्द रखना चाहिए और एकदम निश्चल रहना चाहिए । बाद में अत्यंत एकाग्र होकर नाक के आगे, चन्द्रमण्डल में, जो बिन्दुस्थान है, उसके बीच में तुरीयस्थान है । उसमें से अमृत द्रवित हो रहा है, इस प्रकार दोनों नेत्रों से देखना चाहिए ।

इडया प्राणमाकृष्य पूरयित्वोदरे स्थितम् ।
ततोऽग्निं देहमध्यस्थं ध्यायज्ज्वालावलीयुतम् ॥7॥
बिन्दुनादसमायुक्तमग्निबीजं विचिन्तयेत् ।
पश्चाद्विरेचयेत्सम्यक्प्राणं पिङ्गलया बुधः ॥8॥
पुनः पिङ्गलयापूर्यवह्निबीजमनुस्मरेत् ।
पुनर्विरेचयेद्धीमानिडयैव शनैः शनैः ॥9॥
त्रिचतुर्वासरं वाथ त्रिचतुर्वारमेव च ।
षट्कृत्वो विचरेन्नित्यं रहस्येवं त्रिसन्धिषु ॥10॥

इडा नाड़ी के द्वारा प्राणवायु को खींचकर पेट में भरकर फिर देह में रहे हुए अग्नि का ज्वालाओं के समूह के साथ ध्यान करना चाहिए और बिन्दुनाद के साथ अग्निबीज का चिन्तन करना चाहिए । बाद में पिंगला नाडी के द्वारा भीतर के प्राण को साधक विद्वान् को अच्छी तरह से बाहर निकालना चाहिए । बाद में फिर से साधकों को पिंगला नाड़ी के द्वारा प्राणवायु को भीतर भरना चाहिए । उसी तरह अग्निबीजादि का स्मरण करना चाहिए और फिर इडा नाड़ी के द्वारा वायु को धीरे-धीरे बाहर निकालना चाहिए । इस प्रकार तीनों सन्ध्याओं के समय में एकान्त में तीन-चार दिन तीन-तीन बार करना चाहिए और बाद के दिनों में छः-छः बार करना चाहिए ।

नाडीशुद्धिमवाप्नोति पृथक्चिह्नोपलक्षितः ।
शरीरलघुता दीप्तिर्वह्नेर्जाठरवर्तिनः ॥11॥

नादाभिव्यक्तिरित्येतच्चिह्नं तत्सिद्धिसूचकम् ।
यावदेतानि संपश्येत्तावदेवं समाचरेत् ॥12॥
अथवैतत्परित्यज्य स्वात्मशुद्धिं समाचरेत् ।
आत्मा शुद्धः सदा नित्यः सुखरूपः स्वयम्प्रभः ॥13॥
अज्ञानान्मलिनो भाति ज्ञानाच्छुद्धो भवत्ययम् ।
अज्ञानमलपङ्कं यः क्षालयेज्ज्ञानतोयतः ।
स एव सर्वदा शुद्धो नान्यः कर्मरतो हि सः ॥14॥

पञ्चमः खण्डः ।

इससे नाड़ी शुद्धि होती है । इसके तरह-तरह के लक्षण दिखाई देते हैं । शरीर में लाघव आ जाता है, जठर का अग्नि प्रदीप्त हो जाता है और भीतर से नाद सुनाई देता है । यह भी नाड़ी शुद्धि होने का सूचक चिह्न है । जहाँ तक ये चिह्न दिखाई पड़ें, वहाँ तक पूर्वोक्त प्रकार से करना चाहिए । बाद में (नाड़ीशुद्धि के बाद) इन सब कार्यों को छोड़कर आत्मा की सिद्धि करनी चाहिए । यद्यपि यों तो आत्मा सदा शुद्ध और नित्य है ही, मुखरूप एवं स्वप्रकाशित भी है ही, तथापि अज्ञान से वह मलिन दिखाई दे रहा है एवं ज्ञान से शुद्ध होता है । जो मनुष्य अज्ञानरूपी कीचड़ को ज्ञानरूपी जल से धो डालता है, वही सर्वदा शुद्ध होता है । इसके सिवा और कर्मपरायण मनुष्य शुद्ध नहीं हो सकता ।

यहाँ पाँचवाँ खण्ड पूरा हुआ ।

❋

षष्ठः खण्डः

प्राणायामक्रमं वक्ष्ये सांकृते शृणु सादरम् ।
प्राणायाम इति प्रोक्तो रेचपूरककुम्भकैः ॥1॥
वर्णत्रयात्मकाः प्रोक्ता रेचपूरककुम्भकाः ।
स एष प्रणवः प्रोक्तः प्राणायामस्तु तन्मयः ॥2॥

अब हे सांकृति ! मैं प्राणायाम का क्रम कह रहा हूँ । तुम यह आदरपूर्वक सुनो । पूरक, कुंभक और रेचक इस तरह से प्राणायाम तीन प्रकार का होता है । इन तीनों प्रकारों में हर एक के तीन-तीन अक्षर हैं । इसलिए इस प्राणायाम को प्रणवरूप (ओंकाररूप) ही कहा गया है और वह प्रणवमय ही है ।

इडया वायुमाकृष्य पूरयित्वोदरे स्थितम् ।
शनैः षोडशभिर्मात्रैरकारं तत्र संस्मरेत् ॥3॥
पूरितं धारयेत्पश्चाच्चतुःषष्ट्या तु मात्रया ।
उकारमूर्तिमात्रापि संस्मरन्प्रणवं जपेत् ॥4॥
यावद्वा शक्यते तावद्धारयेज्जपतत्परः ।
पूरितं रेचयेत्पश्चान्मकारेणानिलं बुधः ॥5॥
शनैः पिङ्गलया तत्र द्वात्रिंशन्मात्रया पुनः ।
प्राणायामो भवेदेवं ततश्चैवं समभ्यसेत् ॥6॥

इडा नाड़ी द्वारा बाहर के वायु को भीतर खींचकर उदर में भरकर धीरे-धीरे सोलह मात्राओं तक उसमें 'अ'कार का स्मरण करना चाहिए । बाद में भरे हुए उस वायु को चौसठ मात्रा तक रोके रखना

चाहिए और तब तक 'उ'का स्मरण करते रहना चाहिए एवं प्रणव का जप करते रहना चाहिए। जहाँ तक शक्ति हो, उतने प्रमाण में वायु को रोके रखना चाहिए और जपपरायण बने रहना चाहिए। फिर बाद में उस साधक को उस भरे हुए वायु को 'म'कार जप के द्वारा बाहर निकालना चाहिए। उस समय बत्तीस मात्रा के समय तक 'मकार' का ध्यान करना चाहिए। इस प्रकार प्राणायाम होता है और इस प्रकार इसका अभ्यास करना चाहिए।

पुनः पिङ्गलयापूर्य मात्रैः षोडशभिस्तथा।
अकारमूर्तिमत्रापि स्मरेदेकाग्रमानसः ॥7॥
धारयेत्पूरितं विद्वान्प्रणवं सञ्जपन्वशी।
उकारमूर्तिं स ध्यायंश्चतुःषष्ट्या तु मात्रया ॥8॥
मकारं तु स्मरन्पश्चाद्रेचयेदिडयानिलम्।
एवमेव पुनः कुर्यादिडयापूर्यं बुद्धिमान् ॥9॥
एवं समभ्यसेन्नित्यं प्राणायामं मुनीश्वर।
एवमभ्यासतो नित्यं षण्मासाद्यत्नवान्भवेत् ॥10॥

बाद में फिर पिंगला से वायु भरकर सोलह मात्रा के समय तक उसमें अकार का स्मरण (ध्यान) करके चिन्तन करना चाहिए। बाद में विद्वान् जितेन्द्रिय मनुष्य को उस भरे हुए वायु को चौसठ मात्रा के समय तक 'उकार मूर्ति' का ध्यान करते हुए रोके रखना चाहिए तथा प्रणव का जाप करना चाहिए। फिर 'मकार' का स्मरण करते-करते (चिन्तन करते-करते) इडा नाड़ी के द्वारा बाहर निकालना चाहिए। इसी प्रकार बुद्धिमान साधक को फिर से वायु को खींच-भर कर अभ्यास करना चाहिए। हे मुनीश्वर! इस प्रकार नित्य प्राणायाम का अभ्यास करते रहकर छः महीनों में पूरा ज्ञान सम्पन्न हो जाता है। (अथवा छः महीनों तक यत्न करना चाहिए।)

वत्सराद्ब्रह्मविद्वान्स्यात्तस्मान्नित्यं समभ्यसेत्।
योगाभ्यासरतो नित्यं स्वधर्मनिरतश्च यः ॥11॥
प्राणसंयमनेनैव ज्ञानान्मुक्तो भविष्यति।
बाह्यादापूरणं वायोरुदरे पूरको हि सः ॥12॥
सम्पूर्णकुम्भवद्वायोर्धारणं कुम्भको भवेत्।
बहिर्विरेचनं वायोरुदराद्रेचकः स्मृतः ॥13॥

और एक वर्ष तक प्रयत्न (अभ्यास) करने पर तो वह विद्वान् मनुष्य ब्रह्मवेत्ता हो जाता है। इसलिए नित्य अभ्यास करना चाहिए। जो मनुष्य योगाभ्यास में ही रमण करता है और नित्य स्वधर्म-परायण रहता है, वह प्राणायाम द्वारा ही ज्ञान प्राप्त करके मुक्त हो जाता है। बाहर से वायु को खींचकर पेट में भरने को 'पूरक' कहा जाता है। फिर उस भरे हुए वायु को वहाँ रोके रखना 'कुंभक' कहलाता है, और फिर उस रोके हुए वायु को बाहर निकालना 'रेचक' कहा जाता है।

?ा?वेदजनको यस्तु प्राणायामेषु सोऽधमः।
कम्पनं मध्यमं विद्यादुत्थानं चोत्तमं विदुः ॥14॥
पूर्वं पूर्वं प्रकुर्वीत यावदुत्थानसम्भवः।
सम्भवत्युत्तमे प्राज्ञः प्राणायामे सुखी भवेत् ॥15॥

पसीना पैदा करने वाला प्राणायाम अधम कहा जाता है, कम्पन उत्पन्न करने वाला मध्यम कहा जाता है और जिसमें उत्थान होता है, वह उत्तम है। जहाँ तक उत्थान हो, वहाँ तक पूर्व-पूर्व का प्राणायाम करना चाहिए। बाद में उत्तम प्राणायाम सिद्ध होने पर साधक ज्ञानी और सुखी होता है।

प्राणायामेन चित्तं तु शुद्धं भवति सुव्रत।
चित्ते शुद्धे शुचिः साक्षात्प्रत्यग्ज्योतिर्व्यवस्थितः ॥16॥
प्राणश्चित्तेन संयुक्तः परमात्मनि तिष्ठति।
प्राणायामपरस्यास्य पुरुषस्य महात्मनः ॥17॥
देहश्चोत्तिष्ठते तेन किञ्चिज्ज्ञानाद्विमुक्तता।
रेचकं पूरकं मुक्त्वा कुम्भकं नित्यमभ्यसेत् ॥18॥
सर्वपापविनिर्मुक्तः सम्यग्ज्ञानमवाप्नुयात्।
मनोजवत्वमाप्नोति पलितादि च नश्यति ॥19॥
प्राणायामैकनिष्ठस्य न किञ्चिदपि दुर्लभम्।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन प्राणायामान्समभ्यसेत् ॥20॥

हे सुव्रत! प्राणायाम से चित्त शुद्ध होता है। चित्त शुद्ध होने से पवित्र बना हुआ मनुष्य तो साक्षात् (प्रत्यक्) ज्योतिःस्वरूप होकर अवस्थिति करता है। जो महापुरुष प्राणायाम में तत्पर रहता है, उस पुरुष के प्राण चित्त के साथ परमात्मा में ही रहते हैं। उत्तम प्राणायाम से देह कुछ उत्थान करता है (अपने आप ऊपर उठता है) और फिर ज्ञान होने पर मुक्तता प्राप्त होती है। इसलिए क्रमशः रेचक और पूरक का त्याग करके नित्य कुंभक का अभ्यास करना चाहिए। प्राणायाम का अभ्यास करके मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर उत्तम ज्ञान प्राप्त करता है। वह मन जैसे वेग को प्राप्त करता है, उसके पलित केश आदि नाश होते हैं। केवल एक प्राणायाम में ही परायण (तल्लीन) रहने वाले के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं होता। इसलिए सभी प्रयत्नों से प्राणायाम का ही अभ्यास करते रहना चाहिए।

विनियोगान्प्रवक्ष्यामि प्राणायामस्य सुव्रत।
सन्ध्ययोर्ब्राह्मकालेऽपि मध्याह्ने वाथवा सदा ॥21॥
बाह्यं प्राणं समाकृष्य पूरयित्वोदरेण च।
नासाग्रे नाभिमध्ये च पादाङ्गुष्ठे च धारयेत् ॥22॥
सर्वरोगविनिर्मुक्तो जीवेद्वर्षशतं नरः।
नासाग्रधारणाद्वापि जितो भवति सुव्रत ॥23॥
सर्वरोगनिवृत्तिः स्यान्नाभिमध्ये तु धारणात्।
शरीरलघुता विप्र पादाङ्गुष्ठनिरोधनात् ॥24॥

हे सुव्रत! अब मैं प्राणायाम का विनियोग बता रहा हूँ। दोनों सध्याकाल में और ब्रह्मकाल में (पौ फटते समय) अथवा मध्याह्नकाल में सदैव बाहर के वायु को भीतर खींचकर, पेट में भरकर, नासिका के अग्रभाग में और नाभि के मध्यभाग में तथा अँगूठे के अग्रभाग में उसे रोककर रखना चाहिए। नासिका के अग्रभाग में वायु को रोकने से मनुष्य सभी रोगों से मुक्त होकर सौ वर्ष तक जीवित रहता है, एवं उससे वायु भी जीता जा सकता है। हे ब्राह्मण! वायु को नाभि में रोकने से सभी रोग दूर होते हैं और अँगूठे में रोकने से शरीर में लाघव आता है।

जिह्वया वायुमाकृष्य यः पिबेत्सततं नरः ।
श्रमदाहविनिर्मुक्तो योगी नीरोगतामियात् ॥25॥
जिह्वया वायुमाकृष्य जिह्वामूले निरोधयेत् ।
पिबेदमृतमव्यग्रं सकलं सुखमाप्नुयात् ॥26॥
इडया वायुमाकृष्य भ्रुवोर्मध्ये निरोधयेत् ।
यः पिबेदमृतं शुद्धं व्याधिभिर्मुच्यते हि सः ॥27॥
इडया वेदतत्त्वज्ञस्तथा पिङ्गलयैव च ।
नाभौ निरोधयेत्तेन व्याधिभिर्मुच्यते नरः ॥28॥

जो मनुष्य (योगी) वायु को जीभ से खींचकर हमेशा पिया करता है, वह श्रम और दाह से मुक्ति पाकर नीरोगी होता है। और जो मनुष्य जीभ से वायु को खींचकर जीभ के मूल में रोकता है, वह अमृत ही पीता है और अव्यग्र रहकर सभी सुखों को प्राप्त करता है। जो मनुष्य इडा से वायु को खींचकर दो भ्रमरों के बीच उसे रोकता है, वह शुद्ध अमृत पीता है और रोगों से मुक्त होता है। इडा से वायु खींचने वाला वेदतत्त्वज्ञ होता है और पिंगला से वायु को खींचकर जो मनुष्य नाभि में उसे रोकता है, वह मनुष्य रोगों से मुक्त हो जाता है।

मासमात्रं त्रिसन्ध्यायां जिह्वयारोप्य मारुतम् ।
अमृतं च पिबेन्नाभौ मन्दं मन्दं निरोधयेत् ॥29॥
वातजाः पित्तजा दोषा नश्यन्त्येव न संशयः ।
नासाभ्यां वायुमाकृष्य नेत्रद्वन्द्वे निरोधयेत् ॥30॥
नेत्ररोगा विनश्यन्ति तथा श्रोत्रनिरोधनात् ।
तथा वायुं समारोप्य धारयेच्छिरसि स्थितम् ॥31॥
शिरोरोगा विनश्यन्ति सत्यमुक्तं हि सांकृते ।
स्वस्तिकासनमास्थाय समाहितमनास्तथा ॥32॥

एक महीने तक तीनों सन्ध्याकाल में जीभ से वायु को खींचकर जो अमृतपान करता है और धीरे-धीरे वायु को रोकता है उसके वायुदोष और पित्तदोष अवश्य नष्ट हो जाते हैं, उसमें कोई सन्देह नहीं है। और जो मनुष्य दोनों नाक से वायु को खींचकर दोनों नेत्रों में उसे रोकता है, उसके नेत्ररोग नष्ट होते हैं तथा उसे कान में ले जाकर अथवा और भी अधिक ऊपर ले जाकर मस्तक में ले जाने से मस्तक के रोगों का नाश होता है। हे सांकृति ! यह मैंने ठीक ही कहा है। और भी स्वस्तिकासन में बैठकर मन को एकाग्र करके—

अपानमूर्ध्वमुत्थाप्य प्रणवेन शनैः शनैः ।
हस्ताभ्यां धारयेत्सम्यक्कर्णादिकरणानि च ॥33॥
अङ्गुष्ठाभ्यां मुने श्रोत्रे तर्जनीभ्यां तु चक्षुषी ।
नासापुटावधानाभ्यां प्रच्छाद्य करणानि वै ॥34॥
आनन्दाविर्भवो यावत्तावन्मूर्धनि धारणात् ।
प्राणः प्रयात्यनेनैव ब्रह्मरन्ध्रं महामुने ॥35॥

प्रणवमंत्र के जापपूर्वक अपानवायु को ऊपर ले जाकर धीरे-धीरे दोनों हाथों द्वारा कान आदि इन्द्रियों में ठीक तौर से रोकना चाहिए। हे मुनि ! दोनों अँगूठों से दोनों कानों को, दोनों तर्जनियों से

दोनों नेत्रों को तथा दोनों अनामिकाओं के द्वारा दोनों नासिकाओं को बन्द करके, जहाँ तक आनन्द का आविर्भाव हो, वहाँ तक मस्तक में प्राणवायु को धारण करना चाहिए। हे महामुनि ! इसी मार्ग से प्राण ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँचता है।

ब्रह्मरन्ध्रं गते वायौ नादश्शोत्पद्यतेऽनघ ।
शङ्खध्वनिनिभश्चादौ मध्ये मेघध्वनिर्यथा ॥36॥
शिरोमध्यगते वायौ गिरिप्रस्रवणं यथा ।
पश्चात्प्रीतो महाप्राज्ञः साक्षादात्मोन्मुखो भवेत् ॥37॥
पुनस्तज्ज्ञाननिष्पत्तिर्योगात्संसारनिह्नुतिः ।
दक्षिणोत्तरगुल्फेन सीवनीं पीडयेत्स्थिरम् ॥38॥
सव्येतरेण गुल्फेन पीडयेद्बुद्धिमान्नरः ।
जान्वोरधः स्थितां सन्धिं स्मृत्वा देवं त्रियम्बकम् ॥39॥

हे निर्दोष ! वायु जब ब्रह्मरन्ध्र में जाता है, तब नाद उत्पन्न होता है। वह नाद पहले शंख की आवाज जैसा होता है, मध्य में मेघ की ध्वनि जैसा है, और जब वह वायु ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँच जाता है तब पर्वत के झरने जैसा सुनाई पड़ता है। इस नाद के बाद महाबुद्धिमान योगी प्रसन्न होकर साक्षात् आत्मा का अनुभव करता है। और भी उस योग से ज्ञान की सिद्धि होती है एवं संसार निवृत्त हो (रुक) जाता है। बुद्धिमान मनुष्य को चाहिए कि वह दाहिनी एड़ी से सीवनी को दृढ़तापूर्वक दबा रखे और फिर बाँयीं एड़ी से भी उसे दबाकर दोनों घुटनों के नीचे की सन्धि में भगवान् त्र्यंबक की भावना करनी चाहिए।

विनायकं च संस्मृत्य तथा वागीश्वरीं पुनः ।
लिङ्गनालात्समाकृष्य वायुमप्यग्रतो मुने ॥40॥
प्रणवेन नियुक्तेन बिन्दुयुक्तेन बुद्धिमान् ।
मूलाधारस्य विप्रेन्द्र मध्ये तं तु निरोधयेत् ॥41॥
निरुध्य वायुना दीप्तो वह्निरूहति कुण्डलीम् ।
पुनः सुषुम्नया वायुर्वह्निना सह गच्छति ॥42॥

बाद में विनायक का और वागीश्वरी का (गणेश और सरस्वती का) स्मरण करके लिंग के नाल द्वारा वायु को खींचकर आगे लाना चाहिए। बाद में हे विप्रवर ! बिन्दुयुक्त प्रणवमंत्र का ध्यान करके बुद्धिमान पुरुष को उस वायु को मूलाधार के मध्य में रोकना चाहिए। इस प्रकार से रोके जाने से उस वायु के द्वारा अग्नि प्रदीप्त हो जाता है और बाद में उस अग्नि के साथ वायु सुषुम्ना नाड़ी के द्वारा ऊर्ध्वगति करता है।

एवमभ्यासतस्तस्य जितो वायुर्भवेद्भृशम् ।
प्रस्वेदः प्रथमः पश्चात्कम्पनं मुनिपुङ्गव ॥43॥
उत्थानं च शरीरस्य चिह्नमेतज्जितेऽनिले ।
एवमभ्यासतस्तस्य मूलरोगो विनश्यति ॥44॥

इस प्रकार अभ्यास करने से उस योगी का वायु एकदम जीता जा सकता है। हे मुनिवर ! इस अभ्यास में पहले तो पसीना होता है। बाद में कम्पन होता है और उसके बाद शरीर ऊपर उठ जाता है। वायु के जीते जाने का यह चिह्न है। इस प्रकार अभ्यास करने से रोग नष्ट हो जाते हैं।

भगन्दरं च नष्टं स्यात्सर्वरोगाश्च सांकृते ।
पातकानि विनश्यन्ति क्षुद्राणि च महान्ति च ॥45॥
नष्टे पापे विशुद्धं स्याच्चित्तदर्पणमद्भुतम् ।
पुनर्ब्रह्मादिभोगेभ्यो वैराग्यं जायते हृदि ॥46॥

और भी हे सांकृति ! इससे भगंदर का भी नाश होता है, यही नहीं, छोटे-मोटे अनेक पापों का भी नाश हो जाता है। पापों के नाश हो जाने से चित्तरूपी अद्‌भुत दर्पण भी विशुद्ध हो जाता है और हृदय में ब्रह्मा (ब्रह्मलोक) आदि के भोगों के प्रति वैराग्य हो जाता है।

विरक्तस्य तु संसाराज्ज्ञानं कैवल्यसाधनम् ।
तेन पापापहानिः स्याज्ज्ञात्वा देवं सदाशिवम् ॥47॥
ज्ञानामृतरसो येन सकृदास्वादितो भवेत् ।
स सर्वकार्यमृत्सृज्य तत्रैव परिधावति ॥48॥
ज्ञानस्वरूपमेवाहुर्जगदेतद्विलक्षणम् ।
अर्थस्वरूपमज्ञानात्पश्यन्त्यन्ये कुदृष्टयः ॥49॥
आत्मस्वरूपविज्ञानादज्ञानस्य परिक्षयः ।
क्षीणेऽज्ञाने महाप्राज्ञ रागादीनां परिक्षयः ॥50॥
रागाद्यसम्भवे प्राज्ञ पुण्यपापविमर्दनम् ।
तयोर्नाशे शरीरेण न पुनः संप्रयुज्यते ॥51॥

इति षष्ठः खण्डः ।

इस प्रकार जो मनुष्य संसार से विरक्त हो गया होता है, उसे कैवल्य का ज्ञान प्राप्त हो जाता है। और इस प्रकार सदाशिव का ज्ञान होने के बाद उसके पापों की हानि हो जाती है। जिस मनुष्य ने एक बाद भी ज्ञानामृत का रस चख लिया हो, वह अन्य सभी कार्यों को छोड़कर उसी के पीछे दौड़ता है। यह जगत् विलक्षण हो जाए (जगत् का रूप ही मिट जाए) उसे ही ज्ञान का स्वरूप कहा जाता है। परन्तु जो लोग अज्ञान से निन्द्य दृष्टिवाले होते हैं, वे तो जगत् को अलग दृष्टि से (वस्तु के रूप में) ही देखते हैं। हे बुद्धिमान ! आत्मस्वरूप का ज्ञान होने से अज्ञान का नाश होता है। और अज्ञान के नाश से रागादि का नाश हो जाता है। और रागादि का असंभव हो जाने से पुण्य-पाप दोनों नष्ट हो जाते हैं। और उनका नाश हो जाने से यह आत्मा फिर से शरीर के साथ संयुक्त नहीं होता है।

यहाँ छठा खण्ड समाप्त हुआ।

❋

सप्तमः खण्डः

अथातः संप्रवक्ष्यामि प्रत्याहारं महामुने ।
इन्द्रियाणां विचरतां विषयेषु स्वभावतः ॥1॥
बलादाहरणं तेषां प्रत्याहारः स उच्यते ।
यत्पश्यति तु तत्सर्वं ब्रह्म पश्यन्समाहितः ॥2॥
प्रत्याहारो भवेदेष ब्रह्मविद्भिः पुरोदितः ।
यद्यच्छुद्धमशुद्धं वा करोत्यामरणान्तिकम् ॥3॥

तत्सर्वं ब्रह्मणे कुर्यात्प्रत्याहारः स उच्यते ।
अथवा नित्यकर्माणि ब्रह्माराधनबुद्धितः ॥4॥
काम्यानि च तथा कुर्यात्प्रत्याहारः स उच्यते ।
अथवा वायुमाकृष्य स्थानात्स्थानं निरोधयेत् ॥5॥

हे मुनि ! अब मैं प्रत्याहार को कह रहा हूँ। इन्द्रियाँ स्वभाव से ही विषयों में घूमा करती हैं। उन्हें बलात् विषयों से खींच लेना ही प्रत्याहार कहलाता है। मनुष्य स्वयं जिस-जिसको देखता रहता है, वह सब ब्रह्म ही है, ऐसा सावधानी से यदि देखता रहे, तो उसे भी पूर्वकालीन ब्रह्मवेत्ताओं ने 'प्रत्याहार' कहा है। अथवा मरणकालपर्यन्त स्वयं जो शुद्ध या अशुद्ध कर्म करता है, वह सब कर्मसमूह यदि वह ब्रह्म के लिए हो करता है, तो उसे भी 'प्रत्याहार' कहा जाता है। अथवा ब्रह्म का आराधन करने की बुद्धि से ही वह यदि नित्य कर्म और काम्य कर्म करता है, तो वह भी 'प्रत्याहार' कहा जाता है। अथवा वायु को एक स्थान से खींचकर अन्य स्थान में रोककर रखा जाए जैसे—

दन्तमूलात्तथा कण्ठे कण्ठादुरसि मारुतम् ।
उरोदेशात्समाकृष्य नाभिदेशे निरोधयेत् ॥6॥
नाभिदेशात्समाकृष्य कुण्डल्यां तु निरोधयेत् ।
कुण्डलीदेशतो विद्वान्मूलाधारे निरोधयेत् ॥7॥
अथापानात्कटिद्वन्द्वे तथोरौ च सुमध्यमे ।
तस्माज्जानुद्वये जङ्घे पादाङ्गुष्ठे निरोधयेत् ॥8॥
प्रत्याहारोऽयमुक्तस्तु प्रत्याहारस्मरैः पुरा ।
एवमभ्यासयुक्तस्य पुरुषस्य महात्मनः ॥9॥
सर्वपापानि नश्यन्ति भवरोगश्च सुव्रत ।
नासाभ्यां वायुमाकृष्य निश्चलः स्वस्तिकासनः ॥10॥

—दाँत के मूल से वायु को खींचकर कण्ठ में, कण्ठ में से छाती में, छाती के प्रदेश से खींचकर नाभिप्रदेश में रोका जाए। फिर नाभिप्रदेश से खींचकर कुण्डलिनी में रोका जाए, फिर कुण्डलिनी प्रदेश से खींचकर मूलाधार में रोका जाए, फिर गुदास्थान में से खींचकर दोनों ओर की कमरों में, दोनों उरुओं में और मध्यप्रदेश में रोका जाए, फिर आगे दोनों घुटनों में, जाँघों में तथा पैरों के अँगूठों में भी रोका जाए तो उस वायुनिरोध को भी प्रत्याहार कहा जाता है। प्रत्याहार को जानने वाले महात्मा लोगों का यह अभिप्राय है। इस प्रकार के प्रत्याहार का अभ्यास करते हुए महात्मा के सभी पाप तथा संसाररूपी रोग नष्ट हो जाते हैं। हे सुव्रत ! स्वस्तिकासन पर निश्चल बैठकर विद्वान् पुरुष को पहले दोनों नासिकाओं के द्वारा वायु को भीतर खींचना चाहिए।

पूरयेदनिलं विद्वानापादतलमस्तकम् ।
पश्चात्पादद्वये तद्वन्मूलाधारे तथैव च ॥11॥
नाभिकन्दे च हृन्मध्ये कण्ठमूले च तालुके ।
भ्रुवोर्मध्ये ललाटे च तथा मूर्धनि धारयेत् ॥12॥
देहे स्वात्ममतिं विद्वान्समाकृष्य समाहितः ।
आत्मनात्मनि निर्द्वन्द्वे निर्विकल्पे निरोधयेत् ॥13॥

प्रत्याहारः समाख्यातः साक्षाद्वेदान्तवेदिभिः ।
एवमभ्यसतस्तस्य न किञ्चिदपि दुर्लभम् ॥14॥

इति सप्तमः खण्डः ।

इस प्रकार वायु को खींचकर उसे पैरों के तलों से लेकर मस्तक तक भरना चाहिए। फिर उसे दोनों पैरों में, मूलाधार में, नाभिकन्द में, हृदय के बीच में, कण्ठ के मूल में, तालुस्थान में, दो भौंहों के बीच के स्थान में, ललाट में और मस्तक में रोकना चाहिए। फिर विद्वान् मनुष्य को समाधिनिष्ठ होकर देह के ऊपर रखी हुई आत्मबुद्धि को खींचकर उसे अन्तःकरण द्वारा द्वन्द्वरहित निर्विकल्प आत्मा में रोक देना चाहिए। वेदान्त जानने वाले इसे ही साक्षात् प्रत्याहार कहते हैं। इसका अभ्यास करने वाले के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं है।

यहाँ सातवाँ खण्ड पूरा हुआ।

❋

अष्टमः खण्डः

अथातः संप्रवक्ष्यामि धारणाः पञ्च सुव्रत ।
देहमध्यगते व्योम्नि बाह्याकाशं तु धारयेत् ॥1॥
प्राणे बाह्यानिलं तद्वज्ज्वलने चाग्निमौदरे ।
तोयं तोयांशके भूमिं भूमिभागे महामुने ॥2॥
हयवरलकाराख्यं मन्त्रमुच्चारयेत्क्रमात् ।
धारणैषा परा प्रोक्ता सर्वपापविशोधिनी ॥3॥

हे सुव्रत ! अब मैं पाँच धारणाएँ बता रहा हूँ। देह के मध्य में जो आकाश अवस्थित है, उसमें बाहर के आकाश की भावना करनी चाहिए। और हे मुनि ! उसी तरह प्राण में बाहर के वायु की, पेट की अग्नि में बाहर के अग्नि की, भीतर के पानी के अंशों में बाहर के पानी की तथा पृथ्वी के अंशों में पृथ्वी की धारणा करनी चाहिए। उस सयम ह, य, व, र, ल ऐसे मंत्ररूप अक्षरों का क्रमशः उच्चारण करते जाना चाहिए। इस धारणा को श्रेष्ठ कहा गया है। और वह सर्व पापों की शुद्धि करने वाली है।

जान्वन्तं पृथिवी ह्यंशो ह्यपां पाय्वन्तमुच्यते ।
हृदयांशस्तथाग्न्यंशो भ्रूमध्यान्तोऽनिलांशकः ॥4॥
आकाशांशस्तथा प्राज्ञ मूर्धांशः परिकीर्तितः ।
ब्रह्माणं पृथिवीभागे विष्णुं तोयांशके तथा ॥5॥
अग्न्यंशे च महेशानमीश्वरं चानिलांशके ।
आकाशांशे महाप्राज्ञ धारयेत्तु सदाशिवम् ॥6॥

घुटने तक का भाग पृथ्वी का अंश है। गुदा तक का भाग जल का अंश है। हृदय तक का भाग अग्नि का अंश है। भ्रकुटि तक का भाग वायु का अंश है, एवं मस्तक का भाग आकाश का अंश है। हे सुज्ञ ! उनमें से पृथ्वी के भाग में ब्रह्म की, जल के भाग में विष्णु की, अग्नि के भाग में महेश्वर की, वायु के भाग में ईश्वर की और आकाश के भाग में सदाशिव की धारणा करनी चाहिए।

अथवा तव वक्ष्यामि धारणां मुनिपुङ्गव ।
पुरुषे सर्वशास्तारं बोधानन्दमयं शिवम् ॥7॥
धारयेद्बुद्धिमान्नित्यं सर्वपापविशुद्धये ।
ब्रह्मादिकार्यरूपाणि स्वे स्वे संहृत्य कारणे ॥8॥
सर्वकारणमव्यक्तमनिरूप्यमचेतनम् ।
साक्षादात्मनि सम्पूर्णे धारयेत्प्रणवेन तु ।
इन्द्रियाणि समाहृत्य मनसात्मनि योजयेत् ॥9॥

इत्यष्टमः खण्डः ।

अथवा हे मुनिवर ! मैं एक और धारणा बताता हूँ। बुद्धिमान मनुष्य को सर्व पापों की शुद्धि के लिए ज्ञानस्वरूप और आनन्दमय सदाशिव की पुरुष में (जीवात्मा में) धारणा करनी चाहिए। और भी ब्रह्मा आदि सभी कार्यरूपों का उन-उनके (अपने-अपने) कारण में लय कराकर ॐ इस प्रणवमंत्र के उच्चारणपूर्वक सभी के कारण में जो कि अवर्णनीय, अचेतन प्रकृति का भी कारण रूप है, उसमें—साक्षात् सम्पूर्ण आत्मा में—धारणा करनी चाहिए। और इन्द्रियों को सभी ओर से खींचकर मन के साथ लगा देना चाहिए।

यहाँ आठवाँ खण्ड पूरा हुआ।

❋

नवमः खण्डः

अथातः संप्रवक्ष्यामि ध्यानं संसारनाशनम् ।
ऋतं सत्यं परं ब्रह्म सर्वसंसारभेषजम् ॥1॥
उर्ध्वरितं विश्वरूपं विरूपाक्षं महेश्वरम् ।
सोऽहमित्यादरेणैव ध्यायेद्योगीश्वरेश्वरम् ॥2॥

अब मैं संसार का नाश करने वाले ध्यान के बारे में कह रहा हूँ। ऋत (मानसिक सत्य) और सत्य (वाचिक सत्यरूप) ब्रह्म ही सर्व संसार का औषध है। इसलिए उन ऊर्ध्वरितस् और विश्वस्वरूप तथा योगेश्वरों के भी ईश्वर ऐसे विरूपाक्ष का ध्यान 'मैं वही हूँ'—इस विभावना से करना चाहिए।

अथवा सत्यमीशानं ज्ञानमानन्दमद्वयम् ।
अत्यर्थमचलं नित्यमादिमध्यान्तवर्जितम् ॥3॥
तथा स्थूलमनाकाशमसंस्पृश्यमचाक्षुषम् ।
न रसं न च गन्धाख्यमप्रमेयमनूपमम् ॥4॥
आत्मानं सच्चिदानन्दमनन्तं ब्रह्म सुव्रत ।
अहमस्मीत्यभिध्यायेद्ध्येयातीतं विमुक्तये ॥5॥
एवमभ्यासयुक्तस्य पुरुषस्य महात्मनः ।
क्रमाद्वेदान्तविज्ञानं विजायेत न संशयः ॥6॥

इति नवमः खण्डः ।

अथवा सत्य, ईश्वर, ज्ञानस्वरूप, आनन्दमय, अद्वैतरूप, परात्पर (सर्वातीत), अचल, नित्य, आदि-मध्य-अन्तरहित, स्थूलतारहित, आकाशरहित, अस्पर्श्य, अदृश्य (अचाक्षुष) रसरहित, रूपरहित, गन्धरहित, अप्रमेय, अनुपम, सच्चिदानन्द आत्मा को 'मैं वही हूँ'—इस प्रकार से उस ध्येय से परे का ध्यान मुक्ति के लिए करना चाहिए। इस प्रकार से अभ्यास में लगे हुए महात्मा को वेदान्त का ज्ञान प्राप्त हो जाता है इसमें कोई सन्देह नहीं है।

यहाँ नवम खण्ड पूरा हुआ।

❋

दशमः खण्डः

अथातः संप्रवक्ष्यामि समाधिं भवनाशनम्।
समाधिः संविदुत्पत्तिः परजीवैकतां प्रति ॥1॥
नित्यः सर्वगतो ह्यात्मा कूटस्थो दोषवर्जितः।
एकः सम्भिद्यते भ्रान्त्या मायया न स्वरूपतः ॥2॥

अब संसार का नाश करने वाली समाधि बता रहा हूँ। जीव और परमात्मा की एकता का ज्ञान होना ही 'समाधि' है। जैसे नित्य, सर्वव्यापक, कूटस्थ और निष्कलंक आत्मा एक ही है। वह केवल माया की वजह से ही अलग-अलग होता है, वास्तविक स्वरूप में तो ऐसी भिन्नता है ही नहीं (पारमार्थिक एक ही चैतन्य की सत्ता है)।

तस्माद्द्वैतमेवास्ति न प्रपञ्चो न संसृतिः।
यथाकाशो घटाकाशो मठाकाश इतीरितः ॥3॥
तथा भ्रान्तैर्द्विधा प्रोक्तो ह्यात्मा जीवेश्वरात्मना।
नाहं देहो न च प्राणो नेन्द्रियाणि मनो नहि ॥4॥
सदा साक्षिस्वरूपत्वाच्छिव एवास्मि केवलः।
इति धीर्या मुनिश्रेष्ठ सा समाधिरिहोच्यते ॥5॥

इसलिए सब अद्वैत ही है, प्रपंच है ही नहीं, और संसार भी नहीं है। जिस प्रकार एक ही आकाश घटाकाश और मठाकाश भी कहा जाता है, उसी प्रकार एक ही आत्मा को भ्रमप्राप्त लोगों ने जीव और ईश्वर इस तरह दो भिन्न रूपों में कहा है। 'मैं देह नहीं हूँ, प्राण भी नहीं हूँ, इन्द्रियाँ भी मैं नहीं हूँ और मन भी नहीं हूँ। किन्तु सदा साक्षीरूप होने से सदाशिव ही हूँ'—ऐसी जो बुद्धि होती है, उसे ही हे मुनिवर! समाधि कहा जाता है।

सोऽहं ब्रह्म न संसारी न मत्तोऽन्यः कदाचन।
यथा फेनतरङ्गादि समुद्रादुत्थितं पुनः ॥6॥
समुद्रे लीयते तद्वज्जगन्मय्यनुलीयते।
तस्मान्मनः पृथङ् नास्ति जगन्माया च नास्ति हि ॥7॥
यस्यैवं परमात्मायं प्रत्यग्भूतः प्रकाशितः।
स तु याति च पुंभावं स्वयं साक्षात्परामृतम् ॥8॥

और भी—'वह ब्रह्म मैं ही हूँ, मैं संसारी नहीं हूँ, किसी भी काल में मुझसे भिन्न कुछ है ही नहीं, जैसे समुद्र से उत्पन्न हुए फेन, तरंगादि समुद्र में ही लय हो जाते हैं, वैसे ही मुझसे ही उत्पन्न हुआ यह

जगत् मुझमें ही लय हो जाता है। मुझसे अलग न तो मन है, न जगत् है या न तो माया ही है'—इस तरह से प्रत्यक् स्वरूप परमात्मा जिसको प्रकाशित हो गया है, वह स्वयं ही साक्षात् अमृतस्वरूप परमपुरुष के भाव को प्राप्त हो जाता है।

यदा मनसि चैतन्यं भाति सर्वत्रगं सदा।
योगिनोऽव्यवधानेन तदा सम्पद्यते स्वयम् ॥9॥
यदा सर्वाणि भूतानि स्वात्मन्येव हि पश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥10॥
यदा सर्वाणि भूतानि समाधिस्थो न पश्यति।
एकीभूतः परेणाऽसौ तदा भवति केवलः ॥11॥
यदा पश्यति चात्मानं केवलं परमार्थतः।
मायामात्रं जगत्कृत्स्नं तदा भवति निर्वृतिः ॥12॥
एवमुक्त्वा स भगवान्दत्तात्रेयो महामुनिः।
सांकृतिः स्वस्वरूपेण सुखमास्तेऽतिनिर्भयः ॥13॥

इति दशमः खण्डः।

इति जाबालदर्शनोपनिषत्समाप्ता।

जब योगी के मन में परमचैतन्य सर्वव्यापक चेतना अस्खलित रूप से प्रकाशित हो जाती है। तब ही वह स्वयं तद्रूप (चैतन्यरूप) हो जाता है। जिस समय सभी भूतों को वह अपनी आत्मा में ही देखने लगता है, और सभी भूतों (प्राणियों) को आत्मा से भिन्न नहीं देखता है, तब वह मनुष्य ब्रह्म ही बन जाता है। समाधि में रहा हुआ मनुष्य जब सभी प्राणियों को देखता नहीं है और वह जब परमात्मा के साथ ही एकीभूत होता है तब वह केवल परमेश्वर ही बना हुआ होता है। जिस समय मनुष्य केवल आत्मा को ही पारमार्थिक सत्ता के रूप में देखता है, और इस सारे जगत् को केवल माया के रूप में ही देखता है, तब उसका निर्वाण (मोक्ष) हो जाता है। इस प्रकार कहकर भगवान् दत्तात्रेय मौन हो गए और महामुनि सांकृति आत्मस्वरूप में अवस्थित होकर अतिनिर्भय होकर सुखपूर्वक रहने लगे।

यहाँ दसवाँ खण्ड पूरा हुआ।

इस प्रकार जाबालदर्शनोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि----ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(93) तारसारोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह शुक्लयजुर्वेदीय उपनिषत् है। इसके तीन खण्ड किए गए हैं। प्रथम खण्ड (पाद) में अविमुक्त की उपासना का उपदेश और नारायण के स्थूल अष्टाक्षर तारक का प्रतिपादन है। दूसरे खण्ड (पाद) में नारायण सूक्ष्माष्टतारक, प्रणवावयव के देवता, तथा श्रीराम के सर्वात्मकत्व का प्रतिपादन है और अन्तिम खण्ड (पाद) में जाम्ववान आदि आठ तनु के मंत्र दिए गए हैं। तथा इस विद्या के पठन का और मंत्रों एवं अर्थों के फल बताए हैं। अन्त में ज्ञानी के द्वारा प्राप्य परमपद का उल्लेख किया गया है।



शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं—पूर्णमेवावशिष्यते ॥ (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पैंगलोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमः पादः

बृहस्पतिरुवाच याज्ञवल्क्यं यदनु कुरुक्षेत्रं देवानां देवयजनं सर्वेषां भूतानां ब्रह्मसदनम्। तस्माद्यत्र क्वचन गच्छेत्तदेव मन्येतेति। इदं वै कुरुक्षेत्रं देवानां देवयजनं सर्वेषां भूतानां ब्रह्मसदनम्। अविमुक्तं वै कुरुक्षेत्रं देवानां देवयजनं सर्वेषां भूतानां ब्रह्मसदनम्। अत्र हि जन्तोः प्राणेषूत्क्रममाणेषु रुद्रस्तारकं ब्रह्म व्याचष्टे येनासावमृतो भूत्वा मोक्षी भवति। तस्मादविमुक्तमेव निषेवेत। अविमुक्तं न विमुञ्चेत्। एवमेवैष भगवन्निति वै याज्ञवल्क्यः ॥1॥

बृहस्पति ने याज्ञवल्क्य से कहा—'प्राणों का कौन-सा क्षेत्र (स्थान) है ? इन्द्रियों के देवयजन का क्या अभिप्राय है ? समस्त प्राणियों का ब्रह्मसदन क्या है' ? 'तब याज्ञवल्य ने उत्तर में कहा—'अविमुक्त' ही प्राणों का क्षेत्र है। उसे ही इन्द्रियों का देवयजन कहा गया है और वही समस्त प्राणियों का ब्रह्मसदन है। ठीक है, किसी भी स्थान को जाने वाले को यही समझना चाहिए। यह कुरुक्षेत्र ही प्राणस्थानीय इन्द्रियों का देवयजन है और समस्त प्राणियों का ब्रह्मसदन (ब्रह्मस्थान) है। जब इस जगत् में जीव के प्राण का उत्क्रमण होता है, उस समय रुद्रदेव तारक के सम्बन्ध में उपदेश करते हैं, जिससे वह जीव अमृतत्व पाकर मोक्षपद का लाभ प्राप्त करता है। इसलिए प्राणी के लिए यह उचित है कि वह सदैव 'अविमुक्त' की उपासना करता रहे। उसे कभी न छोड़े। इस तरह मुनि याज्ञवल्क्य ने यह तथ्य प्रतिपादित किया। (यहाँ 'अविमुक्त' पारिभाषिक शब्द है)

अथ हैनं भारद्वाजः पप्रच्छ याज्ञवल्क्यं किं तारकं किं तारयतीति। स होवाच याज्ञवल्क्यः—ॐ नमो नारायणायेति तारकं चिदात्मकमित्युपासितव्यम्। ओमित्येकाक्षरमात्मस्वरूपम्। नम इति द्व्यक्षरं प्रकृतिस्वरूपम्। नारायणायेति पञ्चाक्षरं परब्रह्मस्वरूपम् इति। य एवं वेद सोऽमृतो भवति। ओमिति ब्रह्मा भवति, नकारो विष्णुर्भवति, मकारो रुद्रो भवति, नकार ईश्वरो भवति, रकारोऽण्डविराड् भवति, यकारः पुरुषो भवति, णकारो भगवान् भवति, यकारः परमात्मा भवति। एतद्वै नारायणस्याष्टाक्षरं परमपुरुषो भवति ॥2॥ अयमृग्वेदः प्रथमः पादः ॥1॥

अब भारद्वाज ने याज्ञवल्क्य से पूछा—"तारक क्या है ? वह क्या तारता है ?" तब याज्ञवल्क्य ने कहा—"ॐ नमो नारायणाय" यही चिदात्मक तारक कहलाता है। इसकी ही चिदात्मक समझकर उपासना करनी चाहिए। इसमें ('ॐ नमो नारायणाय' मंत्र में) जो ॐ (ओम्) है, वह एकाक्षर आत्मस्वरूप है, इसमें आए हुए 'नमः' ये दो अक्षर प्रकृतिस्वरूप हैं और इस मंत्र में आए 'नारायणाय' ये पाँच अक्षर ब्रह्मस्वरूप हैं। इस प्रकार जो जानता है वह 'अमृत' हो जाता है। अब एक-एक अक्षर लेकर इस अष्टाक्षर मंत्र का अर्थ करते हैं—इसमें ॐ का अर्थ ब्रह्मा होता है, नकार विष्णु है, मकार रुद्र है, नकार ईश्वर होता है, रकार अण्ड विराट् है, यकार पुरुष है, णकार भगवान् है और यकार परमात्मा है। ये ही नारायण्मंत्र के आठ अक्षर हैं। यही परमपुरुषरूप है। यह पहला पाद ऋग्वेद है (अर्थात् यही ऋग्वेद के मस्तक का साररूप है)।

यहाँ प्रथम खण्ड पूर्ण हुआ।

❋

द्वितीयः पादः

ॐ इत्येतदक्षरं परं ब्रह्म। तदेवोपासितव्यम्। एतदेव सूक्ष्माष्टाक्षरं भवति। तदेतदष्टात्मकोऽष्टधा भवति। अकारः प्रथमाक्षरो भवति। उकारो द्वितीयाक्षरो भवति। मकारस्तृतीयाक्षरो भवति। बिन्दुस्तुरीयाक्षरो भवति। नादः पञ्चमाक्षरो भवति। कला षष्ठाक्षरो भवति। कलातीता सप्तमाक्षरो भवति। तत्परश्चाष्टमाक्षरो भवति। तारकत्वात्तारको भवति। तदेव तारकं ब्रह्म त्वं विद्धि। तदेवोपासितव्यम् ॥1॥

'ॐ' यह एकाक्षर परम ब्रह्म है। उसी की उपासना करनी चाहिए। इसी में अष्टाक्षर मंत्र के आठों अक्षर सूक्ष्म रूप में रहते हैं। जैसे अकार प्रथम मंत्राक्षर है, उकार द्वितीय मंत्राक्षर है, मकार तृतीय मंत्राक्षर है, बिन्दु चौथा अक्षर है, नाद पाँचवाँ अक्षर है, कला छठा अक्षर है, कलातीत सातवाँ अक्षर है और उससे परे जो है, वह आठवाँ अक्षर है। वह सबको तारता है, इसलिए इसे 'तारक' कहा जाता है। उसे तुम 'तारक ब्रह्म' जानो उसी की उपासना करनी चाहिए।

अत्रैते श्लोका भवन्ति—
अकारादभवद्ब्रह्मा जाम्बवानिति संज्ञकः।
उकाराक्षरसम्भूत उपेन्द्रो हरिनायकः ॥2॥
मकाराक्षरसम्भूतः शिवस्तु हनुमान् स्मृतः।
बिन्दुरीश्वरसंज्ञस्तु शत्रुघ्नश्चक्रराट् स्वयम् ॥3॥
नादो महाप्रभुर्ज्ञेयो भरतः शङ्खनामकः।
कलायाः पुरुषः साक्षाल्लक्ष्मणो धरणीधरः ॥4॥
कलाऽतीता भगवती स्वयं सीतेति संज्ञिता।
तत्परः परमात्मा च श्रीरामः पुरुषोत्तमः ॥5॥

इसके विषय में ये श्लोक कहे गए हैं—अकार से जाम्बवान नाम के ब्रह्मा उत्पन्न हुए, उकार से वानरों के नायक उपेन्द्र उत्पन्न हुए, मकार से शिव, हनुमान के रूप में जन्मे हैं और ईश्वरसंज्ञक बिन्दु से चक्रवर्ती शत्रुघ्न उत्पन्न हुए। और जो शंख नामक नाद होता है, वही महाप्रभुत्ववान् भरत है, ऐसा माना गया है। और कला से साक्षात् धरणीधर लक्ष्मण जी उत्पन्न हुए हैं तथा कलातीता स्वयं भगवती सीता हैं, ऐसा कहा गया है। और उससे जो परे हैं वे परमात्मा ही पुरुषोत्तम श्रीराम हैं।

ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वम्। तस्योपव्याख्यानं भूतं भव्यं भविष्यद्यच्चान्यत् तत्त्वमन्त्रवर्णदेवताछन्दो ऋक्कलाशक्तिसृष्ट्यात्मकमिति। य एवं वेद ॥6॥ यजुर्वेदो द्वितीयः पादः ॥2॥

यह सब 'ओम्' इस एक अक्षर का ही रूप है। यह जो भूत, वर्तमान और भविष्यत् है, वह सब ॐ का ही विस्तार है। और भी जो कुछ तत्त्व, मन्त्र, वर्ण, देवता, छन्द, ऋक्, कला, शक्ति, सृष्टि आदि का रूप है वह सब ॐ कार का ही विस्तार है। जो ऐसा जानता है वह तद्रूप ही हो जाता है। यह दूसरा पाद यजुर्वेद के मस्तक का सार है।

यहाँ द्वितीय पाद पूर्ण हुआ।

❋

तृतीयः पादः

अथ हैनं भारद्वाजो याज्ञवल्क्यमुवाच—अथ कैर्मन्त्रैः परमात्मा प्रीतो भवति स्वात्मानं दर्शयति तान्नो ब्रूहि भगव इति ॥1॥

बाद में भारद्वाज ने याज्ञवल्क्य से कहा—'अब किन मंत्रों से परमात्मा प्रसन्न होते हैं ? और अपने आपका साक्षात्कार कराते हैं ? हे भगवन्! वह हमें बताइए'।

स होवाच याज्ञवल्क्यः—
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवानकारवाच्यो जाम्बवान् भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥2॥
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवानुकारवाच्य उपेन्द्रस्वरूपो हरिनायको भुर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥3॥
ॐ यो ह वै परमात्मा नारायणः स भगवान् मकारवाच्यः शिवस्वरूपो हनूमान् भुर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥4॥
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवान् बिन्दुस्वरूपः शत्रुघ्नो भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥5॥
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवान् नादस्वरूपो भरतो भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥6॥
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवान् कलास्वरूपो लक्ष्मणो भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥7॥
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवान् कलातीता भगवती सीता चित्स्वरूपा भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥8॥
ॐ यो ह वै श्रीपरमात्मा नारायणः स भगवान् तत्परः परमपुरुषः पुराणपुरुषोत्तमो नित्यशुद्धबुद्धमुक्तसत्यपरमानन्दानन्ताद्वयपरिपूर्णः परमात्मा ब्रह्मैवाहं रामोऽस्मि भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥9॥

तब याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया कि जो ओंकार रूप परमात्मा श्री नारायण हैं, वही अकारवाच्य जाम्बवान हैं, वही उकार वाच्य हरिनायक उपेन्द्र है, वही मकारवाच्य शिवस्वरूप हनुमान हैं, वही बिन्दुस्वरूप शत्रुघ्न हैं, वही नादस्वरूप भरत है, वही कलास्वरूप लक्ष्मण हैं, वही कलातीता भगवती चित्स्वरूपिणी सीता हैं (जिस प्रकार प्रथम मंत्र में 'ॐ यो ह वै' से लेकर 'स भगवान्' तक और अन्त में 'भूर्भुवः स्वः' से लेकर 'नमो नमः' तक सभी मंत्रों में है।) तो ये तीन भूः, भुवः और स्वः लोक भी यही परमात्मा है और वही इन उपर्युक्त आठ मंत्रों में प्रतिपादित हुए हैं। उन सबके स्वरूप को बार-बार नमस्कार हो, नमस्कार हो। जो यह भगवान् नारायण हैं, वही भगवान् तत्पर, परमपुरुष, पुराणपुरुषोत्तम, नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सत्य, परमानन्द, अनन्त, अद्वय, परिपूर्ण, परमात्मा ब्रह्मरूप राम मैं ही हूँ, भूः भुवः स्वः—ये मेरे ही रूप हैं, ब्रह्म को नमस्कार है, नमस्कार है।

एतदष्टविधमन्त्रं योऽधीते सोऽग्निपूतो भवति स वायुपूतो भवति स आदित्यपूतो भवति स स्थाणुपूतो भवति स सर्वैर्देवैर्ज्ञातो भवति। तेनेतिहासपुराणानां रुद्राणां शतसहस्राणि जप्तानि फलानि भवन्ति। श्रीमन्नारायणाष्टाक्षरानुस्मरणेन गायत्र्याः शतसहस्रं जप्तं भवति प्रणवानामयुतं जप्तं भवति दशपूर्वान् दशोत्तरान् पुनाति। नारायणपदमवाप्नोति य एवं वेद ॥10॥

इस उपर्युक्त आठ प्रकार के मंत्र को जो पढ़ेगा, वह अग्नि जैसा पवित्र होता है, वायु जैसा पवित्र होता है। आदित्य जैसा पवित्र होता है, वह स्थाणु (शिवलिंग) जैसा पवित्र होता है, वह सभी देवों के द्वारा जाना जाता है, वह इतिहासपुराणों का एक लाख रुद्रमंत्र के जपों का फल प्राप्त करता है। श्रीमन्नारायण के अष्टाक्षरमंत्र के स्मरण (जप, चिन्तन) से एक लाख गायत्री मंत्र के जाप की समानता होती है। और प्रणव के अर्बुद जप की समानता होती है। उसे जपने वाला अपने पहले की और आने वाली दस-दस पीढ़ियों को पवित्र कर देता है। जो ऐसा जानता है, वह नारायण का पद पाता है।

तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम् ॥11॥
तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांस समिन्धते। विष्णोर्यत्परमं पदम् ॥12॥

इत्यपुनिषत्। सामवेदस्तृतीयः पादः ॥3॥

इति तारसारोपनिषत्समाप्ता।

भगवान् विष्णु के उस परमधाम का विद्वान् उपासक सदैव ध्यान-दर्शन करते हैं, जो कि आकाश में प्रकाशयुक्त सूर्यमण्डल की तरह संव्याप्त है। साधना में सतत लगे रहने वाले निष्काम उपासक ब्राह्मण जहाँ पहुँचकर उस परम धाम को और भी ज्यादा प्रकाशित करते हैं। ऐसे उस पद को विष्णु का परमपद कहते हैं। इस प्रकार इस उपनिषत् का उपदेश है।

यहाँ सामवेद के मस्तक का साररूप तीसरा पाद पूरा हुआ।
इस प्रकार तारसारोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं—पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(94) महावाक्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषत् अथर्ववेदीय है। इस बारह मंत्रों वाली उपनिषद में ब्रह्मा ने देवों के समक्ष रहस्यज्ञान प्रकट किया है। यह अत्यन्त गोपनीय रहस्यज्ञान केवल जिज्ञासुओं के ही समक्ष प्रकट करना चाहिए। गुरुसेवक, अन्तर्मुखी और सात्त्विक गुणों से पूर्ण जिज्ञासु ही इसका अधिकारी है। इसमें अपरोक्षानुभव के उपदेश का अधिकारी, विद्या और अविद्या का स्वरूप और कार्य, हंसविद्या के अभ्यास से परमात्मा का आविर्भाव, तत्त्वज्ञान की वृत्ति का स्वरूप, प्रणवहंसज्योति का ध्यान और हंसज्योति विद्या का फल—ये विषय प्रतिपादित हैं।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः—देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

अथ होवाच भगवान्ब्रह्मापरोक्षानुभवपरोपनिषदं व्याख्यास्यामः ॥1॥
गुह्याद्गुह्यतरमेषा न प्राकृतायोपदेष्टव्या। सात्त्विकायान्तर्मुखाय परिशुश्रूषवे ॥2॥

एक बार ब्रह्मा ने देवों से कहा—'अपरोक्ष अनुभव (इन्द्रियातीत अनुभूति) के विषयवाली उपनिषद् की हम विवेचना करेंगे। इस उपनिषद् को जन साधारण के सामने प्रकट नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह गूढ़ से भी अधिक गूढ़ है। किन्तु जो सात्त्विक गुणों से ओतप्रोत है, अन्तर्मुखी है तथा अपने गुरुजनों की सेवा में संलग्न है, ऐसे अधिकारी को ही यह उपनिषत् सुनानी चाहिए।

अथ संसृतिबन्धमोक्षयोर्विद्याविद्ये चक्षुषी उपसंहृत्य विज्ञायाविद्यालोकाण्डस्तमोदृक् ॥3॥
तमो हि शारीरप्रपञ्चमाब्रह्मस्थावरान्तमनन्ताखिलाजाण्डभूतम्।
निखिलनिगमोदितसकामकर्मव्यवहारो लोकः ॥4॥

इसके बाद संसार के बन्धन और मोक्ष की कारणभूता विद्या और अविद्यारूपी दोनों आँखों को बन्द करके ब्रह्मात्मैक्य की अनुभूति करता हुआ साधक अविद्या रूप संसार के प्रति तमोमयी दृष्टि से (अज्ञानमयी दृष्टि से) मुक्त हो जाता है। आत्मा के स्वरूप को आवृत कर देने वाला यह अज्ञानरूपी अन्धकार ही तम है। यही अविद्या है। और यही चराचर (स्थावर-जंगम) समस्त जगत् का, इस देह से लेकर ब्रह्माण्डपर्यन्त सकल (अखण्ड) मण्डल का कारण है। इस तम (अन्धकार) से ही सभी वस्तुओं की ब्रह्म से अलग सत्ता का भान होता है। वेदों में जो धर्म कर्तव्य आदि का निर्देश है, उसे प्रकट करने वाला कारण भी यही तमोमयी अविद्या है।

नैषोऽन्धकारोऽयमात्मा। विद्या हि काण्डान्तरादित्यो ज्योतिर्मण्डलं ग्राह्यं नापरम् ॥5॥
असावादित्यो ब्रह्मेत्यजपयोपहितं हंसः सोऽहम्। प्राणापानाभ्यां प्रतिलोमानुलोमाभ्यां समुपलभ्यैवं सा चिरं लब्ध्वा त्रिवृदात्मनि ब्रह्मण्यभिध्यायमाने सच्चिदानन्दः परमात्माविर्भवति ॥6॥

यह अन्धकार आत्मा नहीं है। यह तो अविद्या है, विद्या तो इससे अलग ही है, वह चित् स्वरूप है, आदित्यस्वरूप, स्वप्रकाशित, ज्योतिरूप ही है। उसी को ग्रहण करना चाहिए। क्योंकि वह केवल ब्रह्म पर ही अवलम्बित है। वह ब्रह्मस्वरूप ही है, और कुछ वह नहीं है। यह आत्मा भी वही आदित्यस्वरूप ब्रह्म है। वही श्वास-प्रश्वास के अजपाजाप से युक्त है। और वही 'हंस' नाम से सभी के देह में प्रतिष्ठित है। इस हंसरूपी परमात्मा का अंश अपने आपको मानकर और प्राण–अपान का ज्ञान प्राप्त करके चिरकाल तक साधना करने से इस विद्या के द्वारा समष्टि–व्यष्टि-तदैक्यरूप ब्रह्म में रत रहने पर ही सच्चिदानन्द ब्रह्म का आविर्भाव होता है।

सहस्रभानुमच्छुरिता पूरितत्वादलिप्या पारावारपूर इव। नैषा समाधिः। नैषा योगसिद्धिः। नैषा मनोलयः। ब्रह्मैक्यं तत् ॥7॥
आदित्यवर्णं तमसस्तु पारे। सर्वाणि रूपाणि विचित्य धीरः। नामानि कृत्वाऽभिवदन्यदास्ते ॥8॥

तत्त्वज्ञान की यह श्रेष्ठ वृत्ति हजारों सूर्यों के प्रकाश से पूर्ण, तरंगरहित सागर की जलराशि जैसी, ब्रह्मभाव के रस से युक्त और सनातन (शाश्वत, स्थायी) रहने वाली है। (लयरहित–अविनाशी है।) ऐसी यह स्थिति न तो समाधि की है, न तो योगसिद्धि की ही है। वह मनोलय भी नहीं है। वह तो है—जीव और ब्रह्म की एकता ही। वह ब्रह्म (आत्मतत्त्व) अज्ञान से परे आदित्य जैसी कान्तिवाला स्वप्रकाशित है (शुक्ल) है। विद्वान् नाम-रूप की व्यर्थता पर सोचकर परात्पर की अनुभूति करते हैं, वे उस ब्रह्मरूप में ही (तद्रूप ही) हो जाते हैं।

धाता पुरस्ताद्यमुदाजहार। शक्रः प्रविद्वान्प्रदिशश्चतस्रः तमेवं विद्वानमृत इह भवति। नान्यः पन्था अयनाय विद्यते ॥9॥
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः। तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्ते। यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥10॥

ब्रह्माजी ने इस स्थिति को पहले पहल कहा है। और ऐसा ही सबसे अग्रणी, देवों में अतुलनीय और श्रेष्ठ देवराज इन्द्र ने भी कहा है। ऐसे ही अविनाशी ब्रह्म को इस प्रकार जानने वाला साधक परमात्मा के ही रूप को (अमृतत्व को) प्राप्त कर लेता है। इसके सिवा तो मुक्ति के लिए और कोई दूसरा मार्ग है ही नहीं। पुरातन समय में देवों ने ज्ञानरूप यज्ञ से विराट् रूप यज्ञ का यजन किया था। वे ही ब्रह्मात्मैक्य यज्ञ करने वाले प्रथम जीवन्मुक्त हुए। वे स्वर्ग में (महिमामय लोक में) अभी भी 'साध्य' नाम से प्रकाशित हो रहे हैं।

सोऽहमर्कः परं ज्योतिरर्कज्योतिरहं शिवः।
आत्मज्योतिरहं शुक्रः सर्वज्योतिरसावदोम् ॥11॥

मैं ही वह चिन्मय आदित्य हूँ। मैं ही वह आदित्यरूप परमज्योति हूँ। मैं ही वह कल्याणकारी शिव हूँ। मैं ही वह श्रेष्ठ आत्मज्योति हूँ। सर्वप्रकाशक शुक्र (ब्रह्म) मैं ही हूँ। मैं उस परम सत्ता से कभी भी अलग नहीं हूँ।

य एतदथर्वशिरोऽधीते। प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति। सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति। तत्सायं प्रातः प्रयुञ्जानः पापोऽपापो भवति। मध्यन्दिनमादित्याभिमुखोऽधीयमानः पञ्चमहापातकोपपातकात्प्रमुच्यते। सर्ववेदपारायणपुण्यं लभते। श्रीमहाविष्णुसायुज्यमवाप्नोतीत्युपनिषत् ॥12॥

इति महावाक्योपनिषत्समाप्ता।

जो इस अथर्वशिरा का अध्ययन करता है, वह प्रातः को अध्ययन (पाठ) करके रात्रि में किए हुए पाप का नाश कर देता है। शाम को पढ़ने वाला दिन में किए गए पाप का नाश कर देता है। सायं-प्रातः—दोनों समय पढ़ने वाला पापी हो, तो निष्पाप हो जाता है। मध्याह्नकाल में सूर्य के सन्मुख होकर पढ़ने वाला पाँच महापातकों से और उपपातकों से मुक्त हो जाता है। इसका पाठ करने वाला सभी वेदों के पारायण का फल प्राप्त करता है, और श्री महाविष्णु का सायुज्य प्राप्त करता है, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

इस प्रकार महावाक्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः—देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(95) पञ्चब्रह्मोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषद् कृष्णयजुर्वेदीय है। 41 मंत्रों वाली इस उपनिषत् में कहा गया है कि सद्योजात, अघोर, वामदेव, तत्पुरुष और ईशान—ऐसे पाँच नामवाले महेश्वर जगत् के पहले भी थे। वे ही क्रमशः पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश के अधिष्ठाता देव हुए और उन्हीं पाँच में से क्रमशः ऋक्, यजुस्, साम, अथर्व और ॐकार हुए। यह पंचब्रह्म स्वयं में अवस्थित मानना चाहिए। माया से परे विश्व को प्रकाशित करने वाले महादेव को मायामोहित देवलोग नहीं जानते। वह दृष्टिगोचर नहीं होता। विश्व का भासक और विश्व को अपने में लय करने वाला परम शान्त ब्रह्म मैं ही हूँ और वही ब्रह्म संपूर्ण दृश्यमान जगत् में अनुस्यूत है, इस प्रकार पंच ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्मरूप हो जाता है। मिट्टी के ज्ञान से मिट्टी से बनी सभी चीजें ज्ञात हो जाती हैं। इसी प्रकार ब्रह्मज्ञान से सारा जगत् जाना जाता है। कारणकार्य का अभेद होता है। हृदयकमल के सूक्ष्मकाश में उस ब्रह्मरूप आत्मा का स्थान है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ—मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

अथ पैप्पलादो भगवान्भो किमादौ किं जातमिति। सद्योजातमिति किं भगव इति। अघोर इति। किं भगव इति वामदेव इति। किं वा पुनरिमे भगव इति। तत्पुरुष इति। किं वा पुनरिमे भगव इति। सर्वेषां दिव्यानां प्रेरयिता ईशान इति। ईशानो भूतभव्यस्य सर्वेषां देवयोनिनाम् ॥1॥

एक बार जब शाकल ने पूछा—भगवन्! सबसे पहले क्या उत्पन्न हुआ? तब पैप्पलाद भगवान् ने कहा—सबसे पहले 'सद्योजात' उत्पन्न हुआ। शाकल ने पूछा—इसके और कोई भेद हैं? पैप्पलाद ने कहा—हाँ 'अघोर' है। शाकल ने पूछा—क्या अन्य भी कोई भेद है? पैप्पलाद ने कहा—हाँ 'वामदेव' है। शाकल ने पूछा—बस, इतने ही भेद हैं? पैप्पलाद ने कहा—और भी तत्पुरुष है। बस, इतने ही भेद हैं। पैप्पलाद ने कहा—और भी एक भेद 'ईशान' नामक है। वह सभी देवों को प्रेरित करने वाला है तथा भूत, भविष्यत् और समस्त देवयोनियों का शासक है।

कति वर्णाः। कति भेदाः। कति शक्तयः। यत्सर्वं तद्गुह्यम् ॥2॥
तस्मै नमो महादेवाय महारुद्राय ॥3॥
प्रोवाच तस्मै भगवान्महेशः ॥4॥

इसके कितने वर्ण हैं, कितने भेद (प्रकार) हैं, तथा कितनी शक्तियाँ हैं—ये सब बातें तो बड़ी ही गोपनीय (अनधिकारियों से छिपाने योग्य) हैं। ऐसे महारुद्र महादेव को नमस्कार हो। क्योंकि भगवान् महेश ने ही पैप्पलाद को ये सभी उपदेश दिए हैं।

गोप्याद्गोप्यतरं लोके यद्यस्ति शृणु शाकल ।
सद्योजातं मही पूषा रमा ब्रह्मा त्रिवृत्स्वरः ॥5॥
ऋग्वेदो गार्हपत्यं च मन्त्राः सप्त स्वरास्तथा ।
वर्णं पीतं क्रिया शक्तिः सर्वाभीष्टफलप्रदम् ॥6॥

हे शाकल ! यह ज्ञान तो गोपनीय से भी अधिक गोपनीय है । तुम उसे सुनो ! वह है **सद्योजात ब्रह्म** ! सभी प्रकार की अभीष्ट सिद्धियों को देने वाली मही, पूषा, रमा, ब्रह्मा, त्रिवृत् (सत्त्व, रज और तम), अकारादि स्वर, ऋग्वेद, गार्हपत्य अग्नि, विविध मंत्र, सा–रे–ग–म–प–ध–नि—ये **सात स्वर** और पीत रंग तथा क्रियाशक्ति आदि इसके अनेक स्वरूप हैं ।

अघोरं सलिलं चन्द्रं गौरी वेदद्वितीयकम् ।
नीरदाभं स्वरं सान्द्रं दक्षिणाग्निरुदाहृतम् ॥7॥
पञ्चाशद्वर्णसंयुक्तं स्थितिरिच्छाक्रियान्वितम् ।
शक्तिरक्षणसंयुक्तं सर्वाघौघविनाशनम् ॥8॥
सर्वदुष्टप्रशमनं सर्वैश्वर्यफलप्रदम् ॥9॥

जल, चन्द्रमा, गौरी, दूसरा वेद (यजुर्वेद), मेघ की आभा, उकार स्वर, स्निग्धता और दक्षिणाग्नि—ये सब अघोर के स्वरूप बतलाए जाते हैं । इसके सिवा और भी पचास वर्ण—**अ से** लेकर ज्ञ तक के जो हैं, उनके साथ स्थिति और इच्छाशक्ति एवं क्रियाशक्ति सहित इनके रक्षण का स्वरूप भी अघोर का ही स्वरूप है । वह सभी प्रकार के पापसमूहों का नाश करने वाला है तथा **सभी** दुष्टों का विनाश करने वाला तथा सभी अभीष्ट फलों का देने वाला है ।

वामदेवं महाबोधदायकं पावकात्मकम् ।
विद्यालोकसमायुक्तं भानुकोटिसमप्रभम् ॥10॥
प्रसन्नं सामवेदाख्यं गानाष्टकसमन्वितम् ।
धीरस्वरमधीनं चाहवनीयमनुत्तमम् ॥11॥
ज्ञानसंहारसंयुक्तं शक्तिद्वयसमन्वितम् ।
वर्णं शुक्लं तमोमिश्रं पूर्णबोधकरं स्वयम् ॥12॥
धामत्रयनियन्तारं धामत्रयसमन्वितम् ।
सर्वसौभाग्यदं नृणां सर्वकर्मफलप्रदम् ॥13॥
अष्टाक्षरसमायुक्तमष्टपत्रान्तरस्थितम् ॥14॥

वामदेव महाबोधकारक तथा पावनकारक है । वह विद्या के आलोक से प्रकाशित है और करोड़ों सूर्यों के तेज वाला है । वह सर्वदा आनन्दस्वरूप है । वह सामवेद के सात गान तथा भरत शास्त्र की एक गीति मिलाकर आठ गान वाले सामवेद से युक्त है । वह अ–आ–आम् रूप धीर–मन्द स्वर के अधीन है, और सर्वोत्तम आहवनीय अग्नि जैसे ज्ञान और संहार शक्ति में युक्त दीखने वाला वामदेव का स्वरूप है । वह तमोमिश्रित शुक्लवर्ण वाला है और स्वयं बोधदायक है । वह तीनों धामों को (भुवनों को) अवस्थाओं को नियंत्रित करने वाला है । और स्वयं उन तीनों धामों में अनुस्यूत भी है । वह सभी मनुष्यों को सौभाग्य देने वाला है । वह सभी कर्मों का फल देने वाला है । वह आठ अक्षरों में निवास करता है । ये आठ अक्षर अ, क, च, ट, त, प, य, श हैं, अथवा क्षरित न होने वाले आठ तत्त्व हैं, अथवा '॥ नमो महादेवाय' ये आठ मंत्राक्षर हैं, या हृदयकमल के अष्टदल हैं ।

यत्तत्तत्पुरुषं प्रोक्तं वायुमण्डलसंवृतम् ।
पञ्चाग्निना समायुक्तं मन्त्रशक्तिनियामकम् ॥15॥
पञ्चाशत्स्वरवर्णाख्यमथर्ववेदस्वरूपकम् ।
कोटिकोटिगणाध्यक्षं ब्रह्माण्डाखण्डविग्रहम् ॥16॥
वर्णं रक्तं कामदं च सर्वाधिव्याधिभेषजम् ।
सृष्टिस्थितिलयादीनां कारणं सर्वशक्तिधृक् ॥17॥
अवस्थात्रितयातीतं तुरीयं ब्रह्मसंज्ञितम् ।
ब्रह्मविष्ण्वादिभिः सेव्यं सर्वेषां जनकं परम् ॥18॥

और जो 'तत्पुरुष' कहा गया है, वह स्वरूप वायुमण्डल से घिरा हुआ है । वह पंचाग्नि से युक्त है और मंत्रशक्ति का नियामक है । वह स्वरों और व्यंजनों को मिलाकर पचास वर्णों से युक्त है । वह अथर्ववेद का स्वरूप है । वह करोड़ों–करोड़ों गणों का अध्यक्ष है । अखण्ड ब्रह्माण्डरूप शरीर वाला वह स्वरूप है । उस स्वरूप का वर्ण लाल है, वह सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाला है । वह सभी प्रकार के रोगों का औषध है । वह सृष्टि, स्थिति और प्रलय का कारण है, एवं सर्व शक्तियों को धारण किए हुए है । वह तीनों अवस्थाओं (जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति) से परे है, वह तुरीय ब्रह्म कहा जाने वाला है । वह ब्रह्मा, विष्णु आदि का उपास्य है, और सबका परमजनक (मूल कारण) है ।

ईशानं परमं विद्यात्प्रेरकं बुद्धिसाक्षिणम् ।
आकाशात्मकमव्यक्तमोंकारस्वरभूषितम् ॥19॥
सर्वदेवमयं शान्तं शान्त्यतीतं स्वराद्बहिः ।
अकारादिस्वराध्यक्षमाकाशमयविग्रहम् ॥20॥
पञ्चकृत्यनियन्तारं पञ्चब्रह्मात्मकं बृहत् ॥21॥
पञ्चब्रह्मोपसंहारं कृत्वा स्वात्मनि संस्थितः ।
स्वमायावैभवान्सर्वान्संहृत्य स्वात्मनि स्थितः ॥22॥
पञ्चब्रह्मात्मकातीतो भासते स्वस्वतेजसा ।
आदावन्ते च मध्ये च भासते नान्यहेतुना ॥23॥

जो ईशान स्वरूप है उसे परम मानना चाहिए । वह विद्या का प्रेरक है और बुद्धि का साक्षी है । वह आकाशात्मक है, अव्यक्त है, वह ओंकार के स्वर से भूषित है । वह सर्वदेवमय, शान्त और शान्ति से भी परे है । वह अकार आदि स्वरों का अध्यक्ष है, एवं आकाश जैसे शरीरवाला है । वह स्वरूप सृष्टि, स्थिति, लय, विधान और अनुग्रह—इन पाँचों कृत्यों का नियामक है । वह पंचब्रह्मात्मक विश्वव्यापी विराट् है । वही पंचब्रह्मात्मक स्वरूप वाला ईशान अपने ऐसे स्वरूप का उपसंहार करके अपने मूल स्वरूप में स्थिति करता है । और वही अपनी माया के वैभव (प्रभाव) से सबका संहार करके अपनी ही आत्मा में प्रतिष्ठित होने वाला है । ये ईशान पंचब्रह्म से परे रहकर अपने ही तेज से प्रकाशित हैं । और आदि-मध्य-अन्त में किसी अन्य कारण से नहीं, बल्कि केवल प्रकाश के लिए ही प्रकाशरूप है, स्वयंभू प्रकाश है ।

मायया मोहिताः शम्भोर्महादेवं जगद्गुरुम् ।
न जानन्ति सुराः सर्वे सर्वकारणकारणम् ।
न संदृशे तिष्ठति रूपमस्य परात्परं पुरुषं विश्वधाम ॥24॥

येन प्रकाशते विश्वं यत्रैव प्रविलीयते ।
तद्ब्रह्म परमं शान्तं तद्ब्रह्मास्मि परं पदम् ॥25॥

शंभु की माया से मोहित देवलोग सभी कारणों के भी कारण, ऐसे जगद्गुरु महादेव को पहचान नहीं सकते। समग्र विश्व को प्रकाश देने वाले उन परात्पर पुरुष का रूप जन साधारण की दृष्टि में नहीं आ सकता। जिससे समग्र विश्व प्रकाशित होता है, और जिसमें विलीन हो जाता है वही परम शान्त ब्रह्म है वह परमपद स्वरूप ब्रह्म मैं ही हूँ।

पञ्चब्रह्ममिदं विद्यात्सद्योजातादिपूर्वकम् ।
दृश्यते श्रूयते यच्च पञ्चब्रह्मात्मकं स्वयम् ॥26॥
पञ्चधा वर्तमानं तं ब्रह्मकार्यमिति स्मृतम् ।
ब्रह्मकार्यमिति ज्ञात्वा ईशानं प्रतिपद्यते ॥27॥
पञ्चब्रह्मात्मकं सर्वं स्वात्मनि प्रविलाप्य च ।
सोऽहमस्मीति जानीयाद्विद्वान्ब्रह्मामृतो भवेत् ॥28॥
इत्येतद्ब्रह्म जानीयाद्यः स मुक्तो न संशयः ॥29॥

यह सद्योजात आदि जो कुछ भी देखा जाता है और सुना जाता है, वह सब पंचब्रह्मात्मक ही है। यह (सद्योजात आदि) पाँच प्रकार से है, वह एक ब्रह्म का ही कार्य है। इस ब्रह्मकार्य को जानकर 'ईशान' को प्राप्त किया जा सकता है। और इस पंचब्रह्मात्मक सबको अपने आत्मा में विलीन करके 'मैं ही वह पंचब्रह्म हूँ'—इस प्रकार जान लेना चाहिए। इस प्रकार जानने वाला अमृतरूप हो जाता है। (ब्रह्मामृत का आस्वादन करता है) इस प्रकार इस ब्रह्म को जो जान लेता है, वह मुक्त हो जाता है, इसमें कोई संशय नहीं है।

पञ्चाक्षरमयं शम्भुं परब्रह्मस्वरूपिणम् ।
नकारादियकारान्तं ज्ञात्वा पञ्चाक्षरं जपेत् ॥30॥
सर्वं पञ्चात्मकं विद्यात्पञ्चब्रह्मात्मतत्त्वतः ॥31॥
पञ्चब्रह्मात्मिकीं विद्यां योऽधीते भक्तिभावितः ।
स पञ्चात्मकतामेत्य भासते पञ्चधा स्वयम् ॥32॥

भगवान् शंभु को पंचाक्षर का स्वरूप मानकर, जिस पंचाक्षर मंत्र के प्रारंभ में नकार है और अन्त में यकार है ऐसा मंत्र (पंचाक्षर मंत्र) जपना चाहिए। (ॐ नमः शिवाय।) यह सब कुछ पंच ब्रह्मात्मक होने से सबको पंचात्मक ही मानना चाहिए। भक्तिभावना से युक्त होकर जो मनुष्य इस पंचात्मिका विद्या को पढ़ता और समझता है, वह पंचात्मकता को प्राप्त होता है और पाँच प्रकार से प्रकाशित होता है।

एवमुक्त्वा महादेवो गालवस्य महात्मनः ।
कृपां चकार तत्रैव स्वान्तर्धिमगमत्स्वयम् ॥33॥
यस्य श्रवणमात्रेणाश्रुतमेव श्रुतं भवेत् ।
अमतं च मतं ज्ञातमविज्ञातं च शाकल ॥34॥
एकेनैव तु पिण्डेन मृत्तिकायाश्च गौतम ।
विज्ञातं मृण्मयं सर्वं मृदभित्रं हि कार्यकम् ॥35॥
एकेन लोहमणिना सर्वं लोहमयं यथा ।
विज्ञातं स्यादथैकेन नखानां कृन्तनेन च ॥36॥

सर्वं काष्णायसं ज्ञातं तदभिन्नं स्वभावतः ।
कारणाभिन्नरूपेण कार्यकारणमेव हि ॥37॥

इस प्रकार महात्मा गालव से कहकर महादेव ने कृपा की और वहीं स्वयं अन्तर्धान हो गए। जिसके केवल श्रवण करने से ही नहीं सुना हुआ सब सुना जा सकता है, नहीं माना हुआ सब माना जाता है, और हे शाकल ! जो नहीं जाना था वह जाना जाता है। हे गौतम ! जैसे मिट्टी के एक पिण्ड के जान लेने से मिट्टी से बनी हुई सभी चीजें जानी जाती हैं क्योंकि मिट्टी का कार्य मिट्टी से अभिन्न ही है। जैसे एक लोहमणि के जानने से लोहे से बनी सभी चीजें जानी जाती हैं, नख काटने की छुरी से भी सभी लोहमय पदार्थ जाने जाते हैं, क्योंकि वह उससे अभिन्न ही है। कार्य कारण से अभिन्न होता है, इसलिए कार्य कारण ही है।

तद्रूपेण सदा सत्यं भेदेनोक्तिर्मृषा खलु ।
तच्च कारणमेकं हि न भिन्नं नोभयात्मकम् ॥38॥
भेदः सर्वत्र मिथ्यैव धर्मादेरनिरूपणात् ।
अतश्च कारणं नित्यमेकमेवाद्वयं खलु ।
अत्र कारणमद्वैतं शुद्धचैतन्यमेव हि ॥39॥
अस्मिन्ब्रह्मपुरे वेश्म दहरं यदिदं मुने ।
पुण्डरीकं तु तन्मध्ये आकाशो दहरोऽस्ति तत् ॥
स शिवः सच्चिदानन्दः सोऽन्वेष्टव्यो मुमुक्षुभिः ॥40॥
अयं हृदि स्थितः साक्षी सर्वेषामविशेषतः ।
तेनायं हृदयं प्रोक्तः शिवः संसारमोचकः ॥41॥ इत्युपनिषत् ।

इति पञ्चब्रह्मोपनिषत्समाप्ता ।

ब्रह्मरूप से यह सदा सत्य है, पर भेद रूप से कहना तो मिथ्या ही है। और वह कारण तो एक ही है। वह भिन्न नहीं है, और भिन्नाभिन्न-उभयात्मक भी नहीं हो सकता। भेद तो सर्वथा मिथ्या ही है। क्योंकि जिस कारण (धर्मादि) से भेद माना जाता है, उन धर्मादि कारणों का निरूपण (उत्पत्ति) ही नहीं किया जा सकता। इसलिए कारण तो एक ही है और वह अद्वितीय (अद्वय) ही है। यहाँ अद्वैत शुद्ध चैतन्य ही कारण है। हे मुनि, इस ब्रह्मपुर में जो दहर नामक स्थान है—शरीर में जो दहर नाम का स्थल है, उस हृदयस्थित स्थल को पुण्डरीक भी कहते हैं उसी में दहराकाश है और उसी में यह तत्त्व है। वह शिव है, सच्चिदानन्द है। मुमुक्षुओं के लिए वही खोजनेयोग्य है। हृदय में निवास करता हुआ वह सभी प्राणियों का अविशेषरूप से (समान रूप से) साक्षी है। इसलिए इस हृदय को ही संसारमोचक शिव (संसार से मोक्ष देने वाला शिव) कहा गया है।

इस प्रकार पञ्चब्रह्मोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ---मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(96) प्राणाग्निहोत्रोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

कृष्णयजुर्वेदीय इस उपनिषद् का मूल प्रयोजन चित्तशुद्धि है। इसमें कहा गया है कि देह जो है, वह यज्ञ की आहुति देने के लिए अग्निहोत्र है। शरीर में एक यज्ञ ही चल रहा है। उस यज्ञ में आत्मा यजमान (यज्ञकर्ता) है, बुद्धि यजमान-पत्नी है, अहंकार अध्वर्यु है, (यज्ञ को कराने वाला) होता चित्त है, प्राण-अपान आदि पाँच वायु पाँच ब्राह्मणों के रूप में हैं, और शरीर वेदी है। फिर इस शरीरयज्ञ का प्रतिफल भी बताया गया है। बाद में बाह्य प्राणाग्निहोत्र, 'शरीराग्निदर्शन' नामक अपर अग्निविद्या, शरीराग्नि द्वारा शरीर यज्ञ का निरूपण, अगले क्रम में है। अन्त में इस विद्या के पठन-पाठन, इसका महत्त्व तथा फल आदि बताया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

अथातः सर्वोपनिषत्सारं संसारज्ञानातीतमन्नसूक्तं शारीरयज्ञं व्याख्यास्यामः। यस्मिन्नेव पुरुषः शरीरे विनाप्यग्निहोत्रेण विनापि सांख्ययोगेन संसारविमुक्तिर्भवति ॥1॥

अब सभी उपनिषदों के साररूप, सांसारिक ज्ञान से परे, जो शारीरयज्ञ है, जिसका प्रतिपादन अन्नसूक्त में किया गया है, ऐसे उस यज्ञ की (यज्ञ निरूपक उपनिषत् की) व्याख्या हम करते हैं। इस प्रकार शारीरयज्ञ की जानकारी से अग्निहोत्र के बिना भी और सांख्य आदि दर्शनों के ज्ञान के बिना भी संसार से निवृत्ति (मोक्षप्राप्ति) हो जाती है।

स्वेन विधिनान्नं भूमौ निक्षिप्य या ओषधीः सोमराज्ञीरिति तिसृभिरन्नपत इति द्वाभ्यामनुमन्त्रयते ॥2॥

अपनी विधि के अनुसार, पृथ्वी पर रची गई वेदिका के ऊपर पहले अन्न को रखना चाहिए। फिर (1) 'या ओषधय०' आदि, (2) 'या फलिनीर्या०' आदि तथा (3) 'जीवला नधारिषा०' आदि—इन तीन मंत्रों तथा (1) 'अन्नपतेऽन्नस्य०' आदि और (2) 'यदन्नमग्नि०' आदि—इन दो मंत्रों से उसे अभिमंत्रित करना चाहिए। (अब उन तीन और दो, कुल पाँचों मंत्रों को नीचे सानुवाद दिया जा रहा है)—

या ओषधयः सोमराज्ञीर्बह्वीः शतविचक्षणाः। बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥3॥

औषधियों के अधिष्ठाता देव सोम बहुवीर्यशाली और बहुशाखावाले बड़े प्रभावक हैं। वे अनेक प्रकार से सैंकड़ों रोगों को दूर करने में समर्थ हैं। देवों के आचार्य बृहस्पति द्वारा ये खास प्रकार के गुणों वाली औषधियाँ तैयार की गई हैं। ये औषधियाँ हमें रोगों से और पापों से मुक्ति दें।

याः फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुञ्चन्त्वंहसः ॥4॥

बृहस्पति (विशिष्ट वैद्य) द्वारा जो फल वाली या फल से रहित, फूलों वाली या फूलों से रहित—ऐसी सभी औषधियाँ रची गई हैं, वे सभी औषधियाँ हमें रोगों और पापों से मुक्त करें।

जीवला नघारिषां मा ते बध्नाम्योषधिम्। यातयायुरुपाहरादप रक्षांसि चातयात् ॥5॥

निरन्तर हरी-भरी रहने वाली औषधि मेरे द्वारा बाँधी जा रही है, अर्थात् ग्रहण की जा रही है। आयुष्य को क्षीण करने वाले तत्त्वों से वह हमारा सदैव रक्षण करती रहे।

अन्नपतेऽन्नस्य नो धेह्यनमीवस्य शुष्मिणः। प्रप्रदातारं तारिष ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे ॥6॥

हे अन्नपति अग्निदेव! आप हमारे लिए (सबके लिए) आरोग्यदायक और पुष्टिदायक अन्न की व्यवस्था करें। दान देने वाले लोगों की अच्छी तरह से पुष्टि करें। हमारे पुत्र-पौत्रादिकों के लिए तथा हमारे पशुओं आदि के लिए भी अन्न दें।

यदन्नमग्निर्बहुधा विराद्धि रुद्रैः प्रजग्धं यदि वा पिशाचैः।
सर्वं तदीशानो अभयं कृणोतु शिवमीशानाय स्वाहा ॥7॥

जो अन्न रुद्रों और पिशाचों से प्रायः बचाकर प्रजा के लिए अग्नि द्वारा रखा जाता है, उस कल्याणकारी अन्न को ईशानदेव दोषरहित बनाएँ। उन ईशानदेव शिव को यह आहुति समर्पित है। (इन उपर्युक्त पाँच मंत्रों से अन्न को अभिमंत्रित करके नीचे दिए गए दो मंत्रों से—(1) 'अन्तश्चरसि०' आदि और (2) 'आपः पुनन्तु०' आदि से अन्न का प्रोक्षण करना चाहिए।)

अन्तश्चरसि भूतेषु गुहायां विश्वतोमुखः। त्वं यज्ञस्त्वं ब्रह्मा त्वं रुद्रस्त्वं विष्णुस्त्वं वषट्कार आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः सुवरों नमः ॥8॥

प्राणियों के हृदय में सर्वत्र व्याप्त होकर रहने वाले और निरन्तर भ्रमण करने वाले तुम यज्ञ हो, तुम्हीं ब्रह्मा हो, तुम्हीं विष्णु, वषट्कार, आपः, ज्योति, रस, अमृत, भूः भुवः स्वः (तीनों लोक)—सब कुछ तुम्हीं हो। ऐसे तुमको नमस्कार हो।

आपः पुनन्तु पृथिवीं पृथिवी पूता पुनातु माम्। पुनन्तु ब्रह्मणस्पतिर्ब्रह्मपूता पुनातु माम्। यदुच्छिष्टमभोज्यं यद्वा दुश्चरितं मम। सर्वं पुनन्तु मामापोऽसतां च प्रतिग्रहं स्वाहा ॥9॥

हे जल! तुम पृथ्वी को पवित्र करो और पवित्र बनी हुई पृथ्वी मुझे पवित्र करे। वह ब्रह्मपूत पृथ्वी मुझे पवित्रता दे। मुझमें संनिहित जो कुछ भी उच्छिष्ट है, जो अभक्ष्य है, अथवा कोई दुश्चरित है, उस सबको हटाकर जल देवता हमें पवित्र कर दें। इस हेतु से यह आहुति समर्पित है। (इस प्रकार उपर्युक्त दो मंत्रों से प्रोक्षण करके बाद में बाँए हाथ से वेदि का स्पर्श करते हुए—)

अमृतमस्यमृतोपस्तरणमस्यमृतं प्राणे जुहोम्यमाशिष्यान्तोऽसि। ॐ प्राणाय स्वाहा। ॐ अपानाय स्वाहा। ॐ व्यानाय स्वाहा। ॐ उदानाय

स्वाहा। ॐ समानाय स्वाहा। ॐ ब्रह्मणे स्वाहा। ॐ ब्रह्मणि म आत्माऽमृतत्वायेति ॥10॥

(और दाहिने हाथ में जल ग्रहण करके—) 'अमृतमस्यमृतो०' इत्यादि बोलकर उसे पी जाना चाहिए। मंत्रार्थ यह है—हे जल ! तुम अमृतमय हो (अमृतस्वरूप हो)। तुम अमृतस्वरूप आच्छादन हो)। जल पीने के बाद—'अमृतं प्राणे जुहोम्यमाशिष्यान्तोऽसि' ऐसा कहकर (अर्थात्, 'अमृत जैसे होम करने योग्य पदार्थ का आस्वादन कर लिया है'—ऐसा कहकर) अपनी आत्मा का अनुसन्धान करते हुए ये आहुतियाँ देनी चाहिए—"ॐ प्राणाय स्वाहा, ॐ अपानाय स्वाहा, ॐ उदानाय स्वाहा, ॐ समानाय स्वाहा, ॐ व्यानाय स्वाहा, ॐ ब्रह्मणे स्वाहा, ॐ ब्रह्मणि म आत्माऽमृतत्वाय।" (अर्थात् प्राण, अपान, उदान, समान और व्यान तथा ब्रह्म के लिए यह आहुति समर्पित है। ब्रह्म में मेरी आत्मा अमृतत्व का रसास्वादन करे।)

कनिष्ठिकाङ्गुल्याङ्गुष्ठेन च प्राणे जुहोति अनामिकयापाने मध्यमया व्याने सर्वाभिरुदाने प्रदेशिन्या समाने ॥11॥

प्राण में कनिष्ठिकांगुलि और अँगूठे से, अपान में अनामिका से, व्यान में मध्यमा से, समान में सभी अँगुलियों से आहुति देनी चाहिए।

तूष्णीमेकामेक ऋचा जुहोति द्वे आहवनीये एकां दक्षिणाग्नौ एकां गार्हपत्ये एकां सर्वप्रायश्चित्तीये ॥12॥

मौन रहकर एक आहुति (मन में प्राणाय स्वाहा से) करनी चाहिए। इसी प्रकार (मन में अपानाय स्वाहा से) दो आहुतियाँ आहवनीय अग्नि में देनी चाहिए। और एक आहुति उसी प्रकार दक्षिणाग्नि में, एक गार्हपत्य में और एक सर्व प्रायश्चित्तीय अग्नि में समर्पित करनी चाहिए।

अथापिधानमस्यमृतत्वायोपस्पृश्य पुनरादाय पुनरुपस्पृशेत् ॥13॥

उपर्युक्त प्रकार से पाँच आहुतियाँ देकर नियमानुसार अन्न ग्रहण करके अपिधान (अनावृत्त) स्वरूप को अमृतत्व के लिए स्पर्श करके फिर ग्रहण करके फिर स्पर्श करना चाहिए।

सव्ये प्राणावाऽऽपोगृहीत्वा हृदयमन्वालभ्य जपेत्। प्राणोऽग्निः परमात्मा पञ्चवायुभिरावृतः। अभयं सर्वभूतेभ्यो न मे भीतिः कदाचन ॥14॥

बाँयें हाथ में पानी लेकर, हृदय को छूकर जप करना चाहिए। मुख्य प्राण ही अग्निस्वरूप है। वह पाँच वायुओं से (प्राण, अपान, उदान, व्यान, समान से) घिरा हुआ है। वह परमात्मस्वरूप है। ऐसा वह मुख्य प्राण मुझे समस्त प्राणियों से भयरहित करे। मैं कभी भी उनसे भयभीत न रहूँ।

विश्वोऽसि वैश्वानरो विश्वरूपं त्वया धार्यते जायमानम्।
विश्वं त्वाहुतयः सर्वा यत्र ब्रह्माऽमृतोऽसि ॥15॥

हे मुक्त प्राण ! तुम विश्वरूप हो ! तुम्हीं विश्व में वैश्वानर रूप धारण करके (विराट् होकर) समस्त विश्व को अपने स्वरूप में लिए हुए हो। वही वैश्वानर सभी भूतों (प्राणियों) के देह में भी स्थित है। तुम ब्रह्मामृत स्वरूप हो। तुम्हीं से आविर्भूत होने वाला यह विश्व सभी आहुतियों के रूप में तुरीय में विलीन हो जाता है।

महानवोऽयं पुरुषो योऽङ्गुष्ठाग्रे प्रतिष्ठितः।
तमद्भिः परिषिञ्चामि सोऽस्यान्ते अमृताय च ॥16॥

पैरों के दोनों अँगूठों के अग्र भाग में जो प्राणरूप से प्रतिष्ठित है, वहाँ पर तुम प्रतिक्षण अभिनव पुरुष के रूप में उपस्थित रहते हो। ऐसे तुमको इस भोजन के अन्त में अमृतत्व की प्राप्ति के लिए चारों ओर से सिंचित (परितुष्ट) करता हूँ।

अनावित्येष बाह्यात्मा ध्यायेताग्निहोत्रं जुहोमीति। सर्वेषामेव सूनुर्भवति। अस्य यज्ञपरिवृता आहुतीर्होमयति ॥17॥

वह प्राणरूप पुरुष विलक्षण चेष्टावाला है ! इसलिए बाह्यात्मा को इसका चिन्तन करना चाहिए। वह पुरुष प्रतिदिन प्राणाग्निहोत्र करता है। इसलिए तुम सभी के पुत्र भी होते हो। (क्योंकि अग्निरूप तुम्हारा, परमात्मा पुत्र की तरह पोषण करते हैं।) इस यज्ञीय भाव से परिवृत होकर तुम आहुतियों का होम करते हो।

स्वशरीरे यज्ञं परिवर्तयामीति। चत्वारोऽग्नयस्ते किं नारमर्धयाः ॥18॥

मैं अपने शरीर में यज्ञ को परिवर्तित करता हूँ। इस शरीर में चार प्रकार के अग्नि माने गए हैं। वे सभी सूक्ष्मातिसूक्ष्म हैं। वे सभी अर्ध मात्रिक ही हैं।

तत्र सूर्योऽग्निर्नाम सूर्यमण्डलाकृतिः सहस्ररश्मिपरिवृत एकऋषिर्भूत्वा मूर्धनि तिष्ठति। यस्मादुक्तो दर्शनाग्निर्नाम चतुराकृतिर्गार्हवनीयो भूत्वा मुखे तिष्ठति। शारीरोऽग्निर्नाम जराप्रणुदा हविरवस्कन्दति। अर्धचन्द्राकृतिर्दक्षिणाग्निर्भूत्वा हृदये तिष्ठति। तत्र कोष्ठाग्निरिति कोष्ठाग्निर्नामाशितपीतलीढस्वादितं सम्यग् व्यष्टयं विषयित्वा गार्हपत्यो भूत्वा नाभ्यां तिष्ठति ॥19॥

उन चार अग्नियों में एक 'सूर्याग्नि' है, वह सूर्यमण्डल जैसे आकारवाला है, हजारों किरणों से आवृत है। वह एकर्षि होकर मस्तक में रहता है। और चूँकि जीवात्मा सर्वत्र ईश्वररूप में नजर आता है, इसलिए वह 'दर्शनाग्नि' कहलाता है, वह विराट् आदि चार आकृतियों वाला है, और वह आहवनीय अग्नि होकर मुँह में रहता है। स्थूल शरीर को जलाने वाला 'शारीर अग्नि' (हिरण्यगर्भ), स्थूल शरीर के आश्रित जरा आदि अवस्था के द्वारा निर्बल किया जाता है। वह स्थूल प्रपंचरूप 'हवि' को शासित करता है। वह अर्धचन्द्र के स्वरूप वाला दक्षिणाग्नि होकर सभी प्राणियों के हृदय में रहता है। और चौथा 'कोशाग्नि' नाम का अग्नि है। वह 'कोशाग्नि' खाकर, पीकर, चाटकर और आस्वादित वस्तु को अच्छी तरह पकाकर गार्हपत्याग्नि के रूप में नाभि स्थान में रहता है।

प्रायश्चित्तयस्त्वधस्तात्तिर्यक् तिस्रो हिमांशुप्रभाभिः प्रजननकर्मा ॥20॥

इस प्रकार प्रायश्चित्त वृत्तियाँ नीचे रहती हैं। वक्र वृत्तियों और तीन अवस्थाओं (जाग्रदादि) का प्रकाशक चिद्रूप चन्द्र सभी तरह से समर्थ (प्रभु) है। सभी कुछ प्रकाशित कर देने वाला है।

अस्य शारीरयज्ञस्य यूपरशनाशोभितस्य को यजमानः का पत्नी के ऋत्विजः के सदस्याः कानि यज्ञपात्राणि कानि हवींषि का वेदिः काऽन्तर्वेदिः को द्रोणकलशः को रथः कः पशुः कोऽध्वर्युः को होता को ब्राह्मणाच्छंसी कः प्रतिप्रस्थाता कः प्रस्तोता को मैत्रावरुणः कः उद्गाता का धारा कः पोता के दर्भाः कः स्रुवः काज्यस्थाली कावाघारौ कावाज्यभागौ केऽत्र याजाः के अनुयाजाः केडा कः सूक्तवाकः कः शंयोर्वाकः काऽहिंसा के पत्नीसंयाजाः को यूपः का रशना का इष्टयः का दक्षिणा किमवभृथमिति ॥21॥

खम्भे और रस्सी से अशोभित (रहित) इस शारीरयज्ञ का यजमान कौन है ? यजमान-पत्नी कौन है ? ऋत्विज् कौन हैं ? सदस्य कौन हैं ? यज्ञपात्र कौन-कौन से हैं ? होमद्रव्य क्या है ? वेदि कौन-सी है ? अन्तर्वेदि कौन-सी है ? द्रोणकलश कौन-सा है ? रथ कौन है ? बलिपशु कौन है ? अध्वर्यु कौन है ? होता कौन है ? ब्राह्मणाच्छंसी, प्रतिप्रस्थाता, प्रस्तोता, मैत्रावरुण, उद्गाता, धारा-पोता, सब कौन हैं ? दर्भ कौन से हैं ? स्रुवा, घृतपात्र, आघार, आज्यभाग, याज, अनुयाज, इडा, सूक्तवाक् शंयोर्वाक् अहिंसा, पत्नीसंयाज, यूप, रशना, इष्टाएँ, दक्षिणा आदि सब कौन-कौन से होते हैं ?

अस्य शारीरयज्ञस्य यूपरशनाशोभितस्यात्मा यजमानः बुद्धिः पत्नी वेदा महर्त्विजः अहङ्कारोऽध्वर्युः चित्तं होता प्राणो ब्राह्मणाच्छंसी अपानः प्रतिप्रस्थाता व्यानः प्रस्तोता उदान उद्गाता समानो मैत्रावरुणः शरीरं वेदिः नासिकाऽन्तर्वेदिः मूर्धा द्रोणकलशः पादो रथः दक्षिणहस्तः स्रुवः सव्यहस्त आज्यस्थाली श्रोत्रे आघारौ चक्षुषी आज्यभागौ ग्रीवा धारा पोता तन्मात्राणि सदस्याः महाभूतानि प्रयाजाः भूतानि गुणा अनुयाजाः जिह्वेडा दन्तोष्ठौ सूक्तवाकः तालुः शंयोर्वाकः स्मृतिर्दया क्षान्तिरहिंसा पत्नीसंयाजाः ओंकारो यूपः आशा रशना मनो रथः कामः पशुः केशा दर्भाः बुद्धीन्द्रियाणि यज्ञपात्राणि कर्मेन्द्रियाणि हवींषि अहिंसा इष्टयः त्यागो दक्षिणा अवभृथं मरणात् सर्वा ह्यस्मिन्देवताः शरीरेऽधिसमाहिताः ॥22॥

वाराणस्यां मृतो वापि इदं वा ब्राह्मणः पठेत् । एकेन जन्मना जन्तुर्मोक्षं च प्राप्नुयादिति मोक्षं च प्राप्नुयादित्युपनिषत् ॥23॥

इति प्राणाग्निहोत्रोपनिषत्समाप्ता ।

खम्भे और रस्सी से अशोभित (रहित) इस शारीरयज्ञ का आत्मा जयमान है, बुद्धि जयमान-पत्नी है, वेद बड़े ऋत्विज हैं, अहंकार अध्वर्यु है, चित्त होता है, प्राण ब्राह्मणाच्छंसी है, अपान प्रतिप्रस्थाता है, व्यान प्रस्तोता है, उदान उद्गाता है, समान मैत्रावरुण है, शरीर वेदि है, नासिका उत्तरवेदि (अन्तर्वेदि) है, मस्तक द्रोणकलश है, पैर रथ हैं, दाहिना हाथ स्रुव है, बाँया हाथ आज्यस्थाली है, दो कान दो आधार हैं, दो आँखें दो आज्य भाग हैं, गर्दन धारापोता है, तन्मात्राएँ सदस्य हैं, महाभूत प्रयाज हैं, भूतों के गुण अनुयाज हैं, जीभ इडा है, दाँत और ओष्ठ सूक्तवाक् है, वायु शंयोर्वाक् है, स्मृति दया है, क्षान्ति अहिंसा है, और वही पत्नी संयाज है, ओंकार यूप है, आशा रशना है, मन रथ है, काम पशु है, केश दर्भ हैं, बुद्धीन्द्रियाँ (ज्ञानेन्द्रियाँ) ही यज्ञ के पात्र हैं, कर्मेन्द्रियाँ होमद्रव्य हैं, अहिंसा ईंटें हैं, त्याग दक्षिणा है, अवभृथ स्नान मरण से होता है । इसी देह में सभी देवता आए हुए (रहे हुए) ही हैं । जो मनुष्य वाराणसी में मरता है अथवा इस उपनिषत् को पढ़ता है, वह प्राणी एक ही जन्म में मोक्ष प्राप्त करता है, अवश्य मोक्ष प्राप्त करता है ।

इस प्रकार प्राणाग्निहोत्रोपनिषत् समाप्त होती है ।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ.....मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(97) गोपालपूर्वतापिन्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

अथर्ववेद से सम्बद्ध इस उपनिषत् में सगुण ब्रह्म श्रीकृष्ण का प्रतिपादन करते हुए पर्यवसान तो निर्गुण-निराकार में ही होता है । मुनियों और ब्रह्मा के बीच हुए प्रश्नोत्तर के रूप में इसका आरंभ होता है । शुरू में मंगलाचरण के रूप में भगवान् कृष्ण का स्तवन करके गोपालकृष्ण के परमदेवत्व का निरूपण करके उनका स्वरूप, उनके विशिष्ट स्वरूप का ध्यान, उनके मंत्र का जप, उनका भजन, गोविन्दपूजा का विधान, अष्टादशाक्षर मंत्र का माहात्म्य, उसका विनियोग और फल, मंत्र में प्रयुक्त पंच पदों से जगत् की सृष्टि, पंचपदात्मक गोविन्द की स्तुति, फलश्रुति—आदि अनेक विषयों का इसमें उल्लेख किया गया है ।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषत् में) द्रष्टव्य है ।

(कृषिर्भूवाचकः शब्दो नश्च निर्वृतिवाचकः ।
तयोरैक्यं परं ब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयते ॥)
सच्चिदानन्दरूपाय कृष्णायाक्लिष्टकर्मणे ।
नमो वेदान्तवेद्याय गुरवे बुद्धिसाक्षिणे ॥1॥

('कृषि' भूवाचक शब्द है और नकार निवृत्तिवाचक शब्द है । उन दोनों का ऐक्य जो परब्रह्म है, वही कृष्ण कहलाता है ।) अनायास ही सब कुछ कर सकने वाले सच्चिदानन्दस्वरूप, वेदान्त के द्वारा ही जाने जा सकने वाले, बुद्धि के साक्षीरूप परम गुरु ऐसे श्रीकृष्ण को नमस्कार ।

मुनयो ह वै ब्राह्मणमूचुः । कः परमो देवः । कुतो मृत्युर्बिभेति । कस्य विज्ञानेनाखिलं विज्ञातं भवति । केनेदं विश्वं संसरतीति ॥2॥
तदु होवाच ब्राह्मणः । कृष्णो वै परमं दैवतम् । गोविन्दान्मृत्युर्बिभेति । गोपीजनवल्लभज्ञानेनैतद्विज्ञातं भवति । स्वाहेदं विश्वं संसरतीति ॥3॥

एक बार मुनियों ने ब्राह्मण (ब्रह्मा) से पूछा—'परमदेव कौन है ? मृत्यु किससे डरती है ? किसको अच्छी तरह से जान लेने से यह सब भी ठीक से जाना जाता है ? यह विश्व किसके द्वारा चलता है ?' तब उन ब्राह्मण ने कहा—कृष्ण ही परम दैवत है । गोविन्द से मृत्यु डरती है । गोपी जनों के प्रियतम में एक को ही जान लेने से यह सब विज्ञात (जाना हुआ) हो जाता है । स्वाहारूपी माया शक्ति से ही यह जगत् चल रहा है (आवागमन कर रहा) है ।

तदु होचुः । कः कृष्णः । गोविन्दश्च कोऽसाविति । गोपीजनवल्लभश्च कः । का स्वाहेति ॥4॥

तानुवाच ब्राह्मणः । पापकर्षणो गोभूमिवेदविदितो गोपीजनविद्याकला-पीप्रेरकः । तन्माया चेति सकलं परं ब्रह्मैव तत् । यो ध्यायति रसति भजति सोऽमृतो भवतीति ॥5॥
ते होचुः किं तद्रूपं किं रसनं किमाहो तद्भजनं तत्सर्वं विविदिषतामाख्या-हीति ॥6॥
तदु होवाच हैरण्यो गोपवेषमभ्राभं तरुणं कल्पद्रुमाश्रितम् ॥7॥

तब मुनियों ने फिर से पूछा—'कृष्ण कौन है ? यह गोविन्द कौन है ? और गोपीजनवल्लभ भी कौन है ? स्वाहा कौन है ?' तब उनसे ब्राह्मण ने कहा—'पापों का अपकर्षण (अपहरण) करने वाले ही कृष्ण हैं। और गाय, भूमि एवं वेद के द्वारा जो ज्ञात कराया जाता है, वही गोविन्द है। और गोपीजनों में विद्या और कला का प्रेरक ही गोपीजनवल्लभ है। उनकी माया (स्वाहा) है। इस प्रकार यह सब एक ब्रह्म ही है। जो मनुष्य इसका ध्यान करता है, इसमें रस-भाव रखता है, इसका भजन करता है वह अमर बन जाता है।' तब मुनियों ने फिर से पूछा—'उनका रूप कैसा है ? उसका रसास्वाद कैसे किया जाता है ? उनका भजन कैसे किया जाता है ? इन सब बातों को जानने की इच्छा रखने वाले हमें आप विशदरूप से बताइए।' तब हिरण्यगर्भ ब्रह्मा ने कहा—'वे गोपों का वेश धारण किए हुए हैं, ये काले बादलों की-सी कान्तिवाले हैं और कल्पवृक्ष के नीचे खड़े हुए हैं'।

तदिह श्लोका भवन्ति—
सत्पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्बरम् ।
द्विभुजं ज्ञानमुद्राढ्यं वनमालिनमीश्वरम् ॥8॥
गोपगोपाङ्गनावीतं सुरद्रुमतलाश्रितम् ।
दिव्यालंकरणोपेतं रत्नपङ्कजमध्यगम् ॥9॥
कालिन्दीजलकल्लोलसङ्गिमारुतसेवितम् ।
चिन्तयंश्चेतसा कृष्णं मुक्तो भवति संसृतेः ॥10॥

इस विषय में ये श्लोक कहे गए हैं—ये सत् (श्वेत) विकसित नयन वाले हैं, मेघ जैसी उनकी कान्ति है, विद्युत् से चमकते वस्त्र धारण किए हुए हैं, दो हाथ वाले हैं, ज्ञानमुद्रा से युक्त हैं, उन्होंने वन्य पुष्पों की माला पहनी है, ऐसे वे ईश्वर हैं। वे गोपों, गोपियों और गायों से घिर हुए हैं, वे कल्पवृक्ष के नीचे खड़े हुए हैं, वे दिव्य अलंकारों से युक्त हैं, वे रत्नमय पंकजों (कमलों) के बीच विराजित हैं, वे कालिन्दी के जल की तरंगों से युक्त पवन के द्वारा सेवा किए जा रहे हैं—ऐसे कृष्ण का मन से सदैव चिन्तन करते रहना चाहिए। ऐसा चिन्तन करने से मनुष्य इस संसार के बन्धनों से मुक्त हो जाता है।

तस्य पुना रसनमिति जलभूमीन्दुसम्पातः कामादिकृष्णायेत्येकं पदम् ।
गोविन्दायेति द्वितीयम् । गोपीजनेति तृतीयम् । वल्लभायेति तुरीयम् ।
स्वाहेति पञ्चममिति ॥11॥
पञ्चपदं जपन्पञ्चाङ्गं द्यावाभूमिसूर्याचन्द्रमसौ साग्नी तद्रूपतया ब्रह्म सम्पद्यते ब्रह्म सम्पद्यत इति ॥12॥

(अब श्रीकृष्ण के नामामृत का रसास्वादन और मंत्रजाप के बारे में कहते हैं कि—) जल = क्, भूमि = ल्, इन्दु = ई और अनुस्वार—सब मिलकर जो 'क्लीं' शब्द बनता है, वही कामबीज है। शुरू में इस बीजमंत्र (क्लीं) को रखकर 'कृष्णाय' इस प्रकार बोलना चाहिए। पूरे मंत्र का यह पहला पद हुआ। 'गोविन्दाय'—यह दूसरा पद है। 'गोपीजन'—यह तीसरा पद है। 'वल्लभाय'—यह चौथा पद

हे और 'स्वाहा'—यह पाँचवाँ पद है। इन पाँच पदों से यह पूरा मंत्र हुआ—'क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय स्वाहा।' यह पंचपदी मंत्र पृथ्वी, आकाश, सूर्य, चन्द्र, अग्नि आदि का प्रकाशक चिन्मय मंत्र है। इस मंत्र को जपने वाला उनका रूप धारण करके ब्रह्म को प्राप्त करता है, तद्रूप होकर ब्रह्म को ही प्राप्त कर लेता है।

तदेष श्लोकः—क्लीमित्येतदादावादाय कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजन-वल्लभायेति बृहन्भानव्या सकृदुच्चरेद्योऽसौ गतिस्तस्यास्ति मङ्क्षु नान्या गतिः स्यादिति ॥13॥

इस विषय में यह श्लोक है—'क्लीं'—काम बीज को आरंभ में रखकर, कृष्णाय गोविन्दाय, गोपीजनवल्लभाय—इन पदों का 'बृहन् भानवी' (स्वाहा) के साथ जो मनुष्य उच्चारण करेगा, उसे शीघ्रातिशीघ्र कृष्णमिलन की सद्गति प्राप्त होगी। उसके लिए इसके सिवा और कोई अन्य गति हो ही नहीं सकती।

भक्तिरस्य भजनम् । तदिहामुत्रोपाधिनैराश्येनामुष्मिन्मनः कल्पनम् । एतदेव च नैष्कर्म्यम् ॥14॥

कृष्ण की सतत भक्ति ही भजन है। इस लोक और परलोक की सभी उपाधि-भोगों के प्रति आकांक्षा का सर्वथा त्याग कर देना और मन के साथ इन्द्रियों को कृष्ण में ही लगा देना ही नैष्कर्म्य (संन्यास) है।

कृष्णं तं विप्रा बहुधा यजन्ति गोविन्दं सन्तं बहुधाऽऽराधयन्ति ।
गोपीजनवल्लभो भुवनानि दधे स्वाहाश्रितो जगदैजत्सुरेताः ॥15॥
वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो जन्येजन्ये पञ्चरूपो बभूव ।
कृष्णस्तथैकोऽपि जगद्धितार्थं शब्देनासौ पञ्चपदो विभातीति ॥16॥

इस कृष्ण की ब्राह्मण लोग तरह-तरह से पूजा करते हैं। गोविन्दरूप उनकी बहुत प्रकार की आराधना (उपासना) करते हैं। अपनी स्वाहारूप माया का आश्रय लेकर यह गोपीजनवल्लभ भुवनों को धारण करते हैं, यह सर्वशक्तिमान है। जैसे एक ही वायु इस भुवनों में प्रविष्ट होकर प्रत्येक प्राणी में प्राणापानादि पाँच प्राणों के रूप में हो जाता है, वैसे ही एक ही कृष्ण जगत् के कल्याण के लिए शब्दरूप लेकर मंत्र के पाँच पदों में विराजित हो रहे हैं।

ते होचुरुपासनमेतस्य परमात्मनो गोविन्दस्याखिलाधारिणो ब्रूहीति ॥17॥
तानुवाच यत्तस्य पीठं हैरण्याष्टपलाशमम्बुजं तदन्तरालिकानलास्त्रयुगं तदन्तरालाद्यर्णाखिलबीजं कृष्णाय नम इति बीजाढ्यं स ब्रह्माणमादा-यानङ्गगायत्रीं यथावद्व्यालिख्य भूमण्डलं शूलवेष्टितं कृत्वाङ्ग-वासुदेवादिरुक्मिण्यादिस्वशक्तीन्द्रादिवसुदेवादिपार्थादिनिध्यावीतं यजे-त्संध्यासु प्रतिपत्तिभिरुपचारैः । तेनास्याखिलं भवत्यखिलं भव-तीति ॥18॥

तब मुनियों ने कहा—'अखिल विश्व के आधाररूप परमात्मा गोविन्द की उपासना के बारे में हमें कहिए।' तब ब्रह्मा ने उनसे कहा—हे मुनियो ! सबसे पहले पीठ पर आठ दलों वाला कमल सुवर्ण से बनाना चाहिए। इसके बाद, इसके बीच उल्टे-सीधे त्रिकोण बनाने चाहिए। इससे उसमें छः कोण बनेंगे। फिर उन कोणों की बीच की जगह (कर्णिका) में बीजमंत्र क्लीं लिखना चाहिए। यह बीजमंत्र

सभी कार्यों की सिद्धि का अमोघ साधन है। बाद में प्रत्येक कोण में 'क्लीं कृष्णाय नमः'—ये छः अक्षर एक-एक करके लिखने चाहिए (बीजयुक्त कृष्णमंत्र)। बाद में ब्रह्ममंत्र–अष्टादशाक्षर गोपालविद्या तथा कामगायत्री का उल्लेख करके (कामगायत्री यह है—'कामदेवाय विद्महे, पुष्पबाणाय धीमहि। तन्नोऽनङ्गः प्रचोदयात्') आठ वज्रों से घिरे हुए भूमण्डल को बनाना चाहिए। फिर उपर्युक्त मंत्र को वासुदेवादि अंगों, रुक्मिणी के साथ स्वशक्ति, इन्द्र, वासुदेव, पार्थ और निधि आदि आठ आवरणों से संरक्षित करके पीठयंत्र की पूजा करनी चाहिए। इस तरह विधिपुरःसर पूजा करने से साधक को सब कुछ की (चारों पुरुषार्थ सहित) प्राप्ति हो जाती है।

तदिह श्लोका भवन्ति—

एको वशी सर्वगः कृष्ण ईड्य एकोऽपि सन्बहुधा यो विभाति।
तं पीठगं येऽनुभजन्ति धीरास्तेषां सिद्धिः शाश्वती नेतरेषाम् ॥19॥
नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तं पीठगं येऽनुभजन्ति धीरास्तेषां सुखं शाश्वतं नेतरेषाम् ॥20॥
एतद्विष्णोः परमं पदं ये नित्योद्युक्तास्तं यजन्ति न कामात्।
तेषामसौ गोपरूपः प्रयत्नात्प्रकाशयेदात्मपदं तदेव ॥21॥

इसके विषय में ये श्लोक हैं—सबको अपने वश में रखने वाले सर्वव्यापक ईश्वर श्रीकृष्ण एक होते हुए भी बहुत से दिखाई देते हैं। जो साधक उनकी पीठ को इस तरह से अनुभव में लाते हैं, उन्हीं को शाश्वत सुख मिलता है, दूसरों को नहीं। वे नित्यों के भी नित्य हैं, वे चेतनों के भी चेतन हैं। वे एक होते हुए भी बहुतों के कामों को धारण करते हैं। उनको (निरपेक्षतत्त्व को) जो साधक पीठ में विराजमान ऐसे उनका भजन करते हैं, उन्हीं को शाश्वत सिद्धि प्राप्त होती है, दूसरों को नहीं। यह विष्णु का परम पद है। नित्य प्रयत्नशील रहकर जो कामनारहित होकर इन्हें भजते हैं, उनके आगे यह गोपरूप अपना सही रूप प्रकाशित कर देते हैं। नित्य और निष्काम उपासक के आगे वे प्रयत्नपूर्वक अपने को बता ही देते हैं।

यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो विद्यां तस्मै गोपायति स्म कृष्णः।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुः शरणं व्रजेत् ॥22॥
ओङ्कारेणान्तरितं ये जपन्ति गोविन्दस्य पञ्चपदं मनुम्।
तेषामसौ दर्शयेदात्मरूपं तस्मान्मुमुक्षुरभ्यसेन्नित्यशान्त्यै ॥23॥
एतस्मा एव पञ्चपदादभूवन्गोविन्दस्य मनवो मानवानाम्।
दशार्णाद्यास्तेऽपि संक्रन्दनाद्यैरभ्यस्यन्ते भूतिकामैर्यथावत् ॥24॥

जिन श्रीकृष्ण ने पहले ब्रह्मा को उत्पन्न किया था और उन्हें सर्वप्रथम विद्या दी थी, उनकी (अपनी बुद्धि को प्रकाशित करने वाले की) शरण में मुमुक्षु को जाना चाहिए। जो लोग ओंकार के साथ गोविन्द के पंचपद मंत्र का जप करते हैं, उनको वे स्वयं अपना सही स्वरूप बता देते हैं, इसलिए मुमुक्षु को नित्य शान्ति प्राप्त करने के लिए सदैव इसका (ओंकार के साथ पंचपद मंत्र का) अभ्यास (जाप) करना चाहिए। इसी गोविन्द के पंचपद मंत्र से मनुष्यों के लिए फिर अनेक दशाक्षर आदि मंत्र बने हैं, जिनका उन्नति की कामना करने वाले कई लोगों के द्वारा अंगन्यास आदि विधिपुरःसर अभ्यास किया जा रहा है।

ते पप्रच्छुस्तदु होवाच ब्रह्मसदनं चरतो मे ध्यातः स्तुतः परमेश्वरः
परार्धान्ते सोऽबुध्यत। गोपवेषो मे पुरुषः पुरस्तादाविर्बभूव। ततः प्रणतो

मयानुकूलेन हृदा मह्यमष्टादशार्णस्वरूपं सृष्टये दत्त्वान्तर्हितः। पुनस्ते सिसृक्षतो मे प्रादुरभूत्तेष्वक्षरेषु विभज्य भविष्यज्जगद्रूपं प्रकाशयन्। तदिह कादापो लात्पृथिवीतोऽग्निर्बिन्दोरिन्दुस्तत्संपातात्तदर्क इति क्लीं-कारादसृजं कृष्णादाकाशं खाद्वायुरुत्तरात्सुरभिविद्याः प्रादुरकार्षमकार्ष-मिति। तदुत्तरात्स्त्रीपुंसादिभेदं सकलमिदं सकलमिदमिति ॥25॥

फिर ऋषियों के पूछने पर ब्रह्मा ने कहा कि—इस ब्रह्मलोक में रहकर मैंने उन भगवान् का ध्यान किया, उनकी स्तुति की। तब कहीं एक परार्ध वर्षों के बाद वे मेरी ओर देखने लगे (उन्हें मालूम पड़ा) और मेरे सामने गोप वेश धारण करके वे प्रकट हुए। तब मेरे द्वारा प्रणाम किए जाने पर मुझे सृष्टि उत्पन्न करने के लिए अठारह अक्षर का मंत्र देकर अन्तर्धान हो गए। फिर सृष्टिसर्जन की इच्छा वाले मेरे आगे वे पुनः प्रकट हुए और भावी जगत् के रूप को इन अठारह अक्षरों में विभक्त करके मेरे आगे प्रकाशित किया। बाद में मैंने इस मंत्र के 'क' अक्षर से जल की, 'ल' अक्षर से पृथ्वी की, 'ई' अक्षर से अग्नि की और अनुस्वार से चन्द्रमा की और सब मिलाकर हुए 'क्लीं' से सूर्य की रचना की। मंत्र के दूसरे पद 'कृष्णाय' से आकाश की और आकाश से वायु की उत्पत्ति की। फिर उसके बाद के 'गोविन्दाय' पद से कामधेनु गाय और वेदादि विद्याओं की रचना की। बाद में चौथे पद 'गोपीजनवल्लभाय' से स्त्री-पुरुष आदि की रचना की और बाद के अन्तिम स्वाहा पद से सब स्थावर-जंगम (जड़-चेतन) पदार्थों की रचना की।

एतस्यैव यजनेन चन्द्रध्वजो गतमोहमात्मानं वेदयति। ओंकारालिकं मनुमावर्तयेत्। सङ्गरहितोऽभ्यानत् ॥26॥
तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम् ॥27॥
तस्मादेनं नित्यमावर्तयेन्नित्यमावर्तयेदिति ॥28॥

इसी मंत्र की उपासना से ही प्राचीन काल के चन्द्रध्वज ने अपने आपको मोहरहित बना दिया था। इसलिए ॐ कार सहित इस मंत्र का आवर्तन करना चाहिए। इसी मंत्र से वह चन्द्रध्वज संगरहित (संन्यासी) हो गया था। यही मंत्र विष्णु का परमधाम है (श्रीकृष्ण का गोलोक है)। आकाश में सूर्य की तरह उस धाम में परमात्मा व्याप्त होकर विराज रहे हैं। इसलिए इसका आवर्तन करते ही रहना चाहिए, करते ही रहना चाहिए।

तदाहुरेके यस्य प्रथमपदाद्भूमिर्द्वितीयपदाज्जलं तृतीयपदात्तेजश्चतुर्थपदा-द्वायुश्चरमपदाद्व्योमेति। वैष्णवं पञ्चव्याहृतिमयं मन्त्रं कृष्णावभासकं कैवल्यस्य सृत्यै सततमावर्तयेत्सततमावर्तयेदिति ॥29॥

कुछ मुनि लोग इस अष्टादशाक्षर मंत्र के बारे में कहते हैं कि इसके पहले पद क्लीं से भूमि, दूसरे 'कृष्णाय' पद से जल और तीसरे 'गोविन्दाय' से तेज, चतुर्थ पद 'गोपीजनवल्लभाय' से वायु और पाँचवें 'स्वाहा' पद से आकाश प्रकट हुआ। यह पंचमहाव्याहृतियुक्त अष्टादशाक्षर वैष्णवमंत्र श्रीकृष्ण को तेजोमय बनाने वाला है। इसका मोक्षप्राप्ति के लिए सतत जाप करते रहना चाहिए।

तदत्र गाथाः—

यस्य चाद्यपदाद्भूमिर्द्वितीयात्सलिलोद्भवः।
तृतीयात्तेज उद्भूतं चतुर्थाद्गन्धवाहनः ॥30॥
पञ्चमादम्बरोत्पत्तिस्तमेवैकं समभ्यसेत्।
चन्द्रध्वजोऽगमद्विष्णोः परमं पदमव्ययम् ॥31॥

ततो विशुद्धं विमलं विशोकमशेषलोभादिनिरस्तसङ्गम् ।
यत्तत्पदं पञ्चपदं तदेव स वासुदेवो न यतोऽन्यदस्ति ॥32॥

इस विषय में गाथा प्रसिद्ध है कि, जिसके पहले पद से भूमि और दूसरे पद से जल उत्पन्न हुआ, तीसरे से तेज और चौथे पद से वायु उत्पन्न हुआ है, पाँचवें पद से आकाश की उत्पत्ति हुई है उसी मंत्र का अभ्यास (जप) करना चाहिए। इसी उपासना से चन्द्रध्वज विष्णु के परमपद को प्राप्त हुए थे। इसलिए उस विशुद्ध, विमल, विशोक और लोभ आदि आसक्ति को संपूर्णतया दूर कर देने वाला जो पंचपद है, वह वासुदेव स्वयं ही है, इसके सिवा और कोई नहीं है।

तमेकं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं पञ्चपदं वृन्दावनसुरभूरुहतलासीनं
सततं समरुद्गणोऽहं परमया स्तुत्या तोषयामि ॥33॥
ॐ नमो विश्वस्वरूपाय विश्वस्थित्यन्तहेतवे ।
विश्वेश्वराय विश्वाय गोविन्दाय नमो नमः ॥34॥
नमो विज्ञानरूपाय परमानन्दरूपिणे ।
कृष्णाय गोपीनाथाय गोविन्दाय नमो नमः ॥35॥
नमः कमलनेत्राय नमः कमलमालिने ।
नमः कमलनाभाय कमलापतये नमः ॥36॥

उस पंचपदमंत्रात्मक सच्चिदानन्दस्वरूप वृन्दावन के देववृक्ष के नीचे बैठे हुए एक गोविन्द को मैं देवों के साथ रहकर इस परम स्तुति से प्रसन्न कर रहा हूँ—ॐ विश्व के स्वरूप भूत तथा विश्व की स्थिति और अन्त के कारण स्वरूप विश्वेश्वर और व्यापक ऐसे गोविन्द को नमस्कार हो, नमस्कार हो। विज्ञानरूप तथा परमानन्दस्वरूप गोपियों के नाथ कृष्ण गोविन्द को बार-बार नमस्कार हो। कमल जैसे नेत्रों वाले, कमलों की माला पहने हुए, नाभि में कमल वाले कमला के पति को बार-बार नमस्कार।

बर्हापीडाभिरामाय रामायाकुण्ठमेधसे ।
रमामानसहंसाय गोविन्दाय नमो नमः ॥37॥
कंसवंशविनाशाय केशिचाणूरघातिने ।
वृषभध्वजवन्द्याय पार्थसारथये नमः ॥38॥
वेणुवादनशीलाय गोपालायाहिमर्दिने ।
कालिन्दीकूललोलाय लोलकुण्डलधारिणे ॥39॥
वल्लवीवदनाम्भोजमालिने नृत्तशालिने ।
नमः प्रणतपालाय श्रीकृष्णाय नमो नमः ॥40॥

मस्तक पर मोरपंख से रमणीय, सबको रमण कराने वाले, अकुण्ठित बुद्धिवाले, रमा (राधा) के मानस के हंस, ऐसे गोविन्द को बार-बार नमस्कार हो। कंस के वंश का विनाश करने वाले, केशी और चाणूर का वध करने वाले, भगवान् वृषभध्वज (शिव) के लिए भी वन्दनीय, पार्थ के सारथि को बार-बार नमस्कार हो। वेणु वादन की वृत्ति वाले, गायों के पालक, कालिय का मर्दन करने वाले, कालिन्दी के तीर पर साँप के फणा पर चंचल गति (लास्य) करने वाले, चंचल कुण्डल धारण करने वाले, विकसित कमलों की माला से शोभित, नृत्य से शोभायमान, नमन करने वालों के पालक—ऐसे श्रीकृष्ण को बार-बार नमस्कार हो।

नमः पापप्रणाशाय गोवर्धनधराय च ।
पूतनाजीवितान्ताय तृणावर्तासुहारिणे ॥41॥

निष्कलाय विमोहाय शुद्धायाशुद्धवैरिणे ।
अद्वितीयाय महते श्रीकृष्णाय नमो नमः ॥42॥
प्रसीद परमानन्द प्रसीद परमेश्वर ।
आधिव्याधिभुजङ्गेन दष्टं मामुद्धर प्रभो ॥43॥
श्रीकृष्ण रुक्मिणीकान्त गोपीजनमनोहर ।
संसारसागरे मग्नं मामुद्धर जगद्गुरो ॥44॥
केशव क्लेशहरण नारायण जनार्दन ।
गोविन्द परमानन्द मां समुद्धर माधव ॥45॥

पापों के नाश करने वाले, गोवर्धन को धारण करने वाले, पूतना के जीवन का अन्त लाने वाले, तृणावर्त के प्राण हरने वाले, अंशरहित–अखण्ड, मोहरहित, शुद्धस्वरूप, अशुद्ध के शत्रु, अद्वितीय और महान् ऐसे श्रीकृष्ण को बार-बार नमस्कार हो। हे परमानन्दस्वरूप परमेश्वर ! आप हम पर प्रसन्न हों, प्रसन्न हों। हे प्रभो ! आधिव्याधि रूप साँपों से दंश किए हुए मेरा उद्धार करें। हे श्रीकृष्ण ! हे रुक्मिणी के प्रियतम ! हे गोपीजनों के मनोहर ! हे जगद्गुरु ! संसार सागर में डूबे हुए मेरा आप उद्धार करें ! हे केशव ! हे क्लेशहारी ! हे नारायण ! हे जनार्दन ! हे गोविन्द ! हे परमानन्द ! हे माधव ! आप मेरा उद्धार कीजिए।

अथैवं स्तुतिभिराराधयामि तथा यूयं पञ्चपदं जपन्तः श्रीकृष्णं ध्यायन्तः
संसृतिं तरिष्यथेति होवाच हैरण्यगर्भः ॥46॥
अमुं पञ्चपदं मन्त्रमावर्तयेद्यः स यात्यनायासतः केवलं तत्पदं तत् ॥47॥
अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्षदिति ॥48॥
तस्मात्कृष्ण एव परमो देवस्तं ध्यायेत् तं रसयेत् तं भजेत् तं भजेदित्यों
तत्सदित्युपनिषत् ॥49॥

इति गोपालपूर्वतापिन्युपनिषत्समाप्ता ।

'हे मुनियो ! जैसे मैं (ब्रह्मा) इन स्तुतियों से भगवान् पंचपद श्रीकृष्ण की आराधना करता हूँ, वैसे तुम लोग भी पंचपद को जपते हुए, श्रीकृष्ण का ध्यान करते हुए, संसार को पार कर जाओगे'—ऐसा हिरण्यगर्भ ने कहा। जो इस पंचपद का जप करेगा, वह अनायास ही कैवल्यपद को प्राप्त करेगा। यह परमपद एक है जो गतिशील न होने पर भी मन से भी ज्यादा वेगशील है। उसको इन्द्रियाँ पहुँच नहीं सकती। क्योंकि वह तो इन्द्रियों से आगे ही आगे है। इसलिए कृष्ण ही परमदेव हैं। उनका ध्यान–चिंतन करना चाहिए, उनका आस्वादन करना चाहिए, उनको भजना चाहिए, इति ॐ तत् सत्–ऐसी ही यह उपनिषत् है।

इस प्रकार गोपालपूर्वतापिन्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः—देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(98) गोपालोत्तरतापिन्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस अथर्ववेदीय उपनिषद् में व्रजस्त्रियों के द्वारा दुर्वासा की भिक्षा, कृष्ण के अस्खलित ब्रह्मचर्य और दुर्वासा के निराहारत्व का उपपादन, दोनों के बारे में गान्धर्वी की शंका, ब्रह्मज्ञानियों के लिए नैष्कर्म्य का कथन, गोपालकृष्ण के जन्म आदि के बारे में गांधर्वी के प्रश्न, अवतारविषयक प्रश्न, मथुरा का माहात्म्य, मथुरा के आवरण में देवों का वास, मथुरा की कृष्णमूर्तियाँ–रुद्रादि की पूजनीय, मथुरा के गोपालकृष्ण की महिमा, भगवान् का ध्यानार्ह स्वरूप, विद्यासंप्रदाय आदि बहुत से विषय दिए गए हैं।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः—देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

एकदा हि व्रजस्त्रियः सकामाः शर्वरीमुषित्वा सर्वेश्वरं गोपालं कृष्णमूचिरे। उवाच ताः कृष्णः। अमुकस्मै ब्राह्मणाय भैक्षं दातव्यमिति। दुर्वासस इति ॥1॥

कथं यास्यामो जलं तीर्त्वा यमुनायाः यतः श्रेयो भवति। कृष्णेति ब्रह्मचारीत्युक्त्वा मार्गं वो दास्यति यं मां स्मृत्वाऽगाधा गाधा भवति यं मां स्मृत्वाऽपूतः पूतो भवति यं मां स्मृत्वाऽव्रती व्रती भवति यं मां स्मृत्वा सकामो निष्कामो भवति यं मां स्मृत्वाऽश्रोत्रियः श्रोत्रियो भवति यं मां स्मृत्वाऽगाधतलस्पर्श रहिता अपि सर्वा सरिद्गाधा भवन्ति ॥2॥

श्रुत्वा तद्वाक्यं हि वै रौद्रं स्मृत्वा तद्वाक्येन तीर्त्वा तत्सौर्यां हि वै गत्वाऽऽश्रमं पुण्यतमं हि वै नत्वा मुनिं श्रेष्ठतमं हि वै रौद्रं चेति दत्त्वाऽस्मै ब्राह्मणाय क्षीरमयं घृतमयमिष्टतमं हि वै मृष्टतमं हि तुष्टः स्नात्वा भुक्त्वा हित्वाऽऽशिषं प्रयुज्यानुज्ञां त्वदात् ॥3॥

एक बार कामनावाली व्रज की स्त्रियों ने रात में उपवास पूर्वक रहकर सर्वेश्वर ऐसे गोपालकृष्ण से कहा। उन्होंने कहा—'हे कृष्ण! हम किस ब्राह्मण को भिक्षा दें?' तब कृष्ण ने कहा—'दुर्वासा को दो'। तब गोपियों ने कहा—'यमुना के जल को तैर कर कैसे जाएँ?' तब कृष्ण बोले—'कृष्ण ब्रह्मचारी है'—ऐसा कहोगी तो वह तुम्हें मार्ग देगी। मुझे याद करने से गहरी वह छिछली हो जाएगी, मेरे स्मरण से अपवित्र पवित्र हो जाता है। मेरा स्मरण करके व्रतहीन व्रती हो जाता है, मेरे स्मरण से सकाम मनुष्य निष्काम हो जाता है। मेरे स्मरण से अश्रोत्रिय श्रोत्रिय हो जाता है। मेरे स्मरण से अगाध और स्पर्शरहित सभी नदियाँ गाध (छिछली) हो जाती हैं।' श्रीकृष्ण के इस वाक्य को सुनकर

रौद्र (दुर्वासा) का स्मरण करके वे उस सौर्या (सूर्यपुत्री) यमुना को पार करके आश्रम में जाकर पुण्यशाली उन श्रेष्ठ रौद्र मुनि को नमन करके उस ब्राह्मण को क्षीरयुक्त, घृतयुक्त पका हुआ भैक्ष्य दिया। तब ऐसे अन्न को जानकर संतुष्ट हुए उन मुनि ने स्नान करके भैक्ष्य खाकर के उन्हें आशीष दी।

ता ऊचुः—कथं यास्यामो वयं सौर्यां तीर्त्वा। स होवाच मुनिः—दूर्वाशिनं मां स्मृत्वा वो दास्यतीति मार्गम् ॥4॥

तासां मध्ये हि श्रेष्ठा गान्धर्वी ह्युवाच तं हि वै ताभिरेवं कथं कृष्णो ब्रह्मचारी कथं दूर्वाशनो मुनिः। तां हि मुख्यां विधाय पूर्वमनुकृत्वा तूष्णीमासुः ॥5॥

तब उन्होंने कहा—'यमुना को तैरकर कैसे जाएँगी?' तब उन मुनि ने कहा—'निराहार दुर्वासा (मैं) हूँ', ऐसा कहकर स्मरण करने से वह तुम्हें मार्ग देगी।' उनके बीच एक बड़ी गोपी गान्धर्वी थी। उसने उन मुनि से कहा—'कृष्ण ब्रह्मचारी कैसे हो सकते हैं और दुर्वासा भी निराहार कैसे हो सकते हैं?' तब उस मुख्य को आगे करके बाकी की गोपियाँ मौन ही रहीं (गान्धर्वी के साथ सहमत होकर मौन रहीं)।

शब्दवानाकाशः। शब्दाकाशाभ्यां भिन्नः। तस्मिन्नाकाशस्तिष्ठति। आकाशे तिष्ठति। स ह्याकाशस्तं न वेद। स ह्यात्माऽहं कथं भोक्ता भवामि ॥6॥

स्पर्शवान् वायुः। स्पर्शवायुभ्यां भिन्नः। तस्मिन्वायुस्तिष्ठति। वायौ तिष्ठति। वायुस्तं न वेद। स ह्यात्माऽहं कथं भोक्ता भवामि ॥7॥

रूपवदिदं तेजः। रूपाग्निभ्यां भिन्नः। तस्मिन्नग्निस्तिष्ठति। अग्नौ तिष्ठति। अग्निस्तं न वेद। स ह्यात्माऽहं कथं भोक्ता भवामि ॥8॥

रसवत्य आपः। रसाद्भ्यो भिन्नः। तस्मिन्नापस्तिष्ठन्ति। अप्सु तिष्ठति। आपस्तं न विदुः। स ह्यात्माऽहं कथं भोक्ता भवामि ॥9॥

गन्धवतीयं भूमिः। गन्धभूमिभ्यां भिन्नः। तस्मिन् भूमिस्तिष्ठति। भूमौ तिष्ठति। भूमिस्तं न वेद। स ह्यात्माऽहं कथं भोक्ता भवामि ॥10॥

इदं हि मन एवेदं मनुते। तानीदं हि गृह्णाति। यत्र सर्वमात्मैवाभूत्तत्र वा कुत्र मनुते क्व वा गच्छतीति। सह ह्यात्माऽहं कथं भोक्ता भवामि ॥11॥

तब उस गोपी की शंका का समाधान करते हुए मुनि ने कहा—"आकाश शब्द गुण वाला है, पर वह आत्मा तो शब्द और आकाश दोनों से अलग है। उसी में आकाश रहता है और आकाश में वह भी रहता है, फिर भी आकाश उसे नहीं जानना। वही आत्मा मैं हूँ तो मैं भोक्ता कैसे बन सकता हूँ। यह वायु स्पर्श वाला है, लेकिन आत्मा तो उन वायु और स्पर्श दोनों से अलग है, वायु उसी में रहता है, और वह वायु में रहता है फिर भी वायु उसे नहीं जानता। वह आत्मा मैं ही हूँ, तो मैं कैसे भोक्ता बन सकता हूँ? यह तेज रूपवाला है, लेकिन आत्मा तो रूप और अग्नि दोनों से अलग है, अग्नि उसमें रहता है और वह अग्नि में रहता है फिर भी अग्नि उसे नहीं जानता। वह आत्मा मैं हूँ। वह मैं भला कैसे भोक्ता बन सकता हूँ। यह जल रसयुक्त है, पर वह आत्मा तो जल और रस दोनों

से अलग ही है। पानी उसमें रहता है और वह पानी में रहता है पर पानी उसे जानता नहीं है। वही आत्मा मैं हूँ, तो मैं भला भोक्ता कैसे बन सकता हूँ। यह पृथ्वी गन्धयुक्त है, पर वह आत्मा तो पृथ्वी और गन्ध, दोनों से अलग ही है। पृथ्वी उसमें रहती है, वह भी पृथ्वी में रहता है फिर भी पृथ्वी इसे नहीं जानती। वह आत्मा है, वह मैं ही हूँ तो मैं भोक्ता कैसे बन सकता हूँ ? यह मन ही ऐसा मानता है, मन ही इन सबको ग्रहण करता है परन्तु जब सब कुछ आत्मरूप ही हो गया, तब कौन क्या मानेगा ? कौन कहाँ जाएगा ? वही आत्मा मैं हूँ, मैं भोक्ता कैसे बन सकता हूँ ?

अयं हि कृष्णो यो वो हि प्रेष्ठः शरीरद्वयकारणं भवति ॥12॥
द्वा सुपर्णौ भवतो ब्रह्मणोऽहं संभूतस्तथेतरो भोक्ता भवति। अन्यो हि साक्षी भवतीति। वृक्षधर्मे तौ तिष्ठतः। अतो भोक्त्रभोक्तारौ। पूर्वो हि भोक्ता भवति। तथेतरोऽभोक्ता कृष्णो भवतीति ॥13॥

यह जो कृष्ण तुम्हारा प्रियतम है, वह व्यष्टि-समष्टि रूप दोनों शरीर के कारणस्वरूप होने से और ईश्वर होने से वैसे ही आत्मरूप है। चिन्मात्र ब्रह्म से ही सुपर्ण जैसे जीव और ईश्वर—दोनों उत्पन्न होते हैं। उनमें से एक 'अहं' से उत्पन्न जीव भोक्ता होता है और दूसरा ईश्वर अभोक्ता और साक्षी होता है। वे दोनों वृक्ष धर्म रूप संसार में रहते हैं, परन्तु भोक्ता और अभोक्ता के रूप में होते हैं। पहला जीव है, वह भोक्ता होता है और दूसरा साक्षी है, वह अभोक्ता होता है। यह कृष्ण अभोक्ता साक्षी है।

यत्र विद्याऽविद्ये न विदामो विद्याऽविद्याभ्यां भिन्नो विद्यामयो हि यः स कथं विषयो भवति ॥14॥
यो ह वै कामेन कामान् कामयते स कामी भवति। यो ह वै त्वकामेन कामान् कामयते सोऽकामी भवति। जन्मजराभ्यां भिन्नः स्थाणुरयमच्छेद्योऽयम्। योऽसौ सूर्ये तिष्ठति योऽसौ गोषु तिष्ठति योऽसौ गोपान् पालयति योऽसौ सर्वेषु देवेषु तिष्ठति योऽसौ सर्वैर्देवैर्गीयते योऽसौ सर्वेषु भूतेष्वाविश्य भूतानि विदधाति स वो हि स्वामी भवति ॥15॥

जो विद्या और अविद्या का विषय नहीं है। अविद्या से तो वह प्रकाशित होता ही नहीं और विद्या का तो वही प्रकाशक है, विषय नहीं है (प्रकाश्य नहीं है)। वह तो विद्या और अविद्या दोनों से भिन्न है, वह विद्यामय ज्ञानमय ही है, वह कैसे विषय हो सकता है ? जो कामनाओं से भोगों को चाहता है, वह कामी होता है और जो कामनारहित होकर भोगों को भोगता है, वह अकामी होता है। वह जन्म और जरावस्था से भिन्न है, अचल है, अच्छेद्य है, वह यह जो सूर्य में भी रहता है, वह जो गायों में रहता है, वह जो गोपों का पालन करता है, वह जो सभी देवों में रहता है, वह जो सभी के द्वारा स्तुति द्वारा गाया जाता है, वह जो सभी भूतों में प्रविष्ट होकर सभी भूतों को धारण करता है, वही वह तुम लोगों का स्वामी (कृष्ण) है।

सा होवाच गान्धर्वी—कथं वा स्वस्मासु जातो गोपालः। कथं वा ज्ञातोऽसौ त्वया मुने कृष्णः। को वाऽस्य मन्त्रः। किं स्थानम्। कथं वा देवक्यां जातः। को वाऽस्य जायाग्रामो भवति। कीदृशी पूजाऽस्य गोपालस्य भवति। साक्षात्प्रकृतिपरोऽयमात्मा गोपालः कथं त्ववतीर्णो भूम्याम्। सा गान्धर्वी हि वै मुनिमुवाच ॥16॥

फिर गान्धर्वी ने पूछा—"हमारी गोपाल की जाति में उत्पन्न हुए कृष्ण को आपने कैसे जान लिया ? इसका मंत्र क्या है। उसका स्थान क्या है ? वह देवकी से क्यों जन्मा ? इसका जायाग्राम (पत्नी समूह) कौन है ? इस गोपाल की पूजा किस तरह होती है ? साक्षात् प्रकृति से पर यह आत्मा गोपाल इस भूमि पर क्यों अवतीर्ण हुआ ?"—ऐसे प्रश्न गान्धर्वी ने पूछे।

स होवाच तां हि वै—पूर्वं नारायणो यस्मिंल्लोका ओताश्च प्रोताश्च तस्य हृत्पद्माज्जातोऽब्जयोनिस्तपस्तप्त्वा तस्मै ह वरं ददौ। स कामप्रश्नमेव वव्रे। तं हास्मै ददौ ॥17॥
स होवाचाब्जयोनिः—यो वाऽवताराणां मध्ये श्रेष्ठोऽवतारः को भवति येन लोकास्तुष्टा भवन्ति यं स्मृत्वा मुक्ता अस्मात् संसाराद्भवन्ति कथं वाऽस्यावतारस्य ब्रह्मता भवति ॥18॥

तब मुनि ने उससे कहा—पहले नारायण ही थे, उनमें ये सब लोक ओतप्रोत थे। उनके हृदय-कमल से कमलयोनि (ब्रह्मा) जन्मे। उन्होंने तप किया। तो उन नारायण ने उन्हें वरदान दिया। उन ब्रह्मा ने इच्छित वरदान माँगा और नारायण ने उसे दिया। फिर ब्रह्मा (कमलयोनि) ने उनसे कहा—"जो अवतारों में श्रेष्ठ है वह कौन है ? जिन्होंने इन लोकों की सृष्टि की है, जिनका स्मरण करके मनुष्य इस संसार से मुक्त हो जाते हैं ? और इस अवतार की ब्रह्मता कैसे होती है ?"

स होवाच तं हि वै नारायणो देवः—सकाम्या मेरोः शृङ्गे यथा सप्तपुर्यो भवन्ति तथा निष्काम्याः सकाम्या भूगोलचक्रे सप्तपुर्यो भवन्ति। तासां मध्ये साक्षाद्ब्रह्म गोपालपुरी भवति ॥19॥
सकाम्या निष्काम्या देवानां सर्वेषां भूतानां भवति। अथास्य भजनं भवति। यथा हि वै सरसि पद्मं तिष्ठति तथा भूम्यां तिष्ठति चक्रेण रक्षिता मथुरा तस्माद्गोपालपुरी भवति ॥20॥

ब्रह्मा के द्वारा पूछे जाने पर उन नारायण देव ने कहा—"जैसे मेरु पर्वत के शिखर पर कामना वालों के लिए कामों को भोगने के लिए सात नगरियाँ स्थित हैं, वैसे ही कामना नहीं करने वालों के लिए सात नगरियाँ पृथ्वी के बीच में भी आई हुई हैं। पृथ्वी में सकाम लोगों के लिए भी नगरियाँ हैं ही। उन निष्कामियों की सात नगरियों में एक साक्षाद्ब्रह्मपुरी है, उसका नाम गोपालपुरी है। इस भूगोल में सकाम और निष्काम, देवों और अन्य प्राणियों के लिए पुरियाँ हैं। इस मथुरा में उसका—कृष्ण का भजन होता है। जैसे तालाब में कमल होता है, वैसे ही भगवान् के चक्र से रक्षित मथुरा है। इसीलिए वह गोपालपुरी कही जाती है।

बृहद्बृहद्वनं मधोर्मधुवनं तालस्तालवनं काम्यं काम्यवनं बहुला बहुलवनं कुमुदः कुमुदवनं खदिरः खदिरवनं भद्रो भद्रवनं भाण्डीर इति भाण्डीरवनं श्रीवनं लोहवनं बृन्दावनमेतैरावृता पुरी भवति ॥21॥
तत्र तेष्वेव गगनेष्वेवं देवा मनुष्या गन्धर्वा नागाः किंनरा गायन्ति नृत्यन्तीति ॥22॥
तत्र द्वादशादित्या एकादश रुद्रा अष्टौ वसवः सप्त मुनयो ब्रह्मा नारदश्च पञ्च विनायका विश्वेश्वरो रुद्रश्वरोऽम्बिकेश्वरो गणेश्वरो नीलकण्ठेश्वरो

वीरेश्वरो गोपालेश्वरो भद्रेश्वर इत्यष्टावन्यानि लिङ्गानि चतुर्विंशति-भवन्ति ॥23॥

द्वे वने स्तः कृष्णवनं भद्रवनम्। तयोरन्तर्द्वादश वनानि पुण्यानि पुण्यतमानि। तेष्वेव देवास्तिष्ठन्ति सिद्धाः सिद्धिं प्राप्ताः ॥24॥

वह साक्षाद् ब्रह्मपुरी गोपालपुरी मथुरा बारह वनों से घिरी हुई है। उनमें पहला बृहद् वन है, दूसरा मधुदैत्य का मधुवन है, तीसरा तालों वाला तालवन, चौथा कामद काम्यवन, पाँचवाँ बहुला वाला बहुलवन, छठा कुमुद वाला कुमुदवन, सातवाँ खदिर वाला खदिरवन, आठवाँ भद्रवन, नवाँ भाण्डीरवन, दसवाँ श्रीवन, ग्यारहवाँ लोहवन और बारहवाँ वृन्दावन—इनसे यह मथुरा आवृत है। वहाँ उन्हीं वनों के गगनों में देव, मनुष्य, गंधर्व, नाग और किन्नर आदि गाते हैं और नाचते रहते हैं। वहाँ बारह आदित्य, ग्यारह रुद्र, आठ वसु, सात मुनि, ब्रह्मा, नारद, पाँच विनायक तथा वीरेश्वर, रुद्रेश्वर, अम्बिकेश्वर, गणेश्वर, नीलकण्ठेश्वर, विश्वेश्वर, गोपालेश्वर और महेश्वर—ऐसे आठ अन्य लिंग हैं और तदुपरान्त अन्य चौबीस शिवलिंग भी आए हुए हैं। कृष्णवन और भद्रवन ऐसे दो वन हैं। उनके भीतर बारह पवित्र वन हैं। वे बहुत ही पवित्र हैं। उन्हीं में देवलोग रहते हैं, वहीं सिद्धि को प्राप्त हुए सिद्ध पुरुष रहते हैं।

तत्र हि रामस्य राममूर्तिः प्रद्युम्नस्य प्रद्युम्नमूर्तिरनिरुद्धस्यानिरुद्धमूर्तिः कृष्णस्य कृष्णमूर्तिः ॥25॥

वनेष्वेवं मथुरास्वेवं द्वादश मूर्तयो भवन्ति। एकां हि रुद्रा यजन्ति द्वितीयां हि ब्रह्मा यजति तृतीयां ब्रह्मजा यजन्ति चतुर्थीं मरुतो यजन्ति पञ्चमीं विनायका यजन्ति षष्ठीं च वसवो यजन्ति सप्तमीमृषयो यजन्ति अष्टमीं गन्धर्वा यजन्ति नवमीमप्सरसो यजन्ति दशमी वै ह्यन्तर्धाने तिष्ठति एकादशमिति स्वपदानुगा द्वादशमिति भूम्यां तिष्ठति। तां हि ये यजन्ति ते मृत्युं तरन्ति मुक्तिं लभन्ते गर्भजन्मजरामरणतापत्रयात्मकदुःखं तरन्ति ॥26॥

वहाँ राम (बलराम) की राममूर्ति, प्रद्युम्न की प्रद्युम्नमूर्ति, अनिरुद्ध की अनिरुद्धमूर्ति और कृष्ण की कृष्णमूर्ति है। मथुरा के इन वनों में बारह मूर्तियाँ हैं। उनमें एक की पूजा रुद्र करते हैं, दूसरी की पूजा ब्रह्मा करते हैं, तीसरी की पूजा सनत्कुमारादि ब्रह्मा के पुत्र करते हैं, चौथी की पूजा मरुत करते हैं, पाँचवीं की पूजा विनायक करते हैं, छठी की पूजा वसु करते हैं, सातवीं की पूजा ऋषि लोग करते हैं, आठवीं की पूजा गंधर्व लोग करते हैं, नवीं की पूजा अप्सराएँ करती हैं, दसवीं की पूजा गुप्त रहती है और ग्यारहवीं की पूजा विष्णुपद में पहुँची हुई है, और 'द्वादशधाम' नाम से प्रसिद्ध बारहवीं भूमि में ही रहती है। जो लोग उस बारहवीं मूर्ति की पूजा को करते हैं, वे लोग मृत्यु को पार कर जाते हैं और मुक्ति को प्राप्त करते हैं और गर्भ, जन्म, जरा, मरण तथा तीनों प्रकार के तापों (दुःखों) को पार कर जाते हैं।

तदप्येते श्लोका भवन्ति—
सम्प्राप्य मथुरां रम्यां सदा ब्रह्मादिवन्दिताम्।
शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गरक्षितां मुसलादिभिः ॥27॥
यत्रासौ संस्थितः कृष्णः स्त्रीभिः शक्त्या समाहितः।
रमानिरुद्धप्रद्युम्नै रुक्मिण्या सहितो विभुः ॥28॥
चतुःशब्दो भवेदेको ह्योंकारस्य उदाहृतः ॥29॥

ऐसी रमणीय, सदैव ब्रह्मादिकों के द्वारा सेवित, शंख-चक्र-गदा-शार्ङ्ग आदि के द्वारा और मूसल आदि के द्वारा सुरक्षित मथुरापुरी को जहाँ व्यापक श्रीकृष्ण, स्त्रियों के साथ, अपनी शक्ति के साथ निवास कर रहे हैं, जहाँ रमा (राधा), रुक्मिणी, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध के साथ रहे हैं, ऐसी नगरी को प्राप्त करके मनुष्य को समाहित (स्थिर) हो जाना चाहिए। वहाँ वे चार मिलकर एक चतुर्व्यूह, ओंकार की तरह हो जाता है (जैसे अ, उ, म और अर्धमात्रा मिलकर एक ओंकार होता है)।

तस्मादेव परो रजसेति सोऽहमित्यवधार्यात्मानं गोपालोऽहमिति भाव-येत्। स मोक्षमश्नुते। स ब्रह्मत्वमधिगच्छति। स ब्रह्मविद्भवति। स गोपान् जीवानात्मत्वेन सृष्टिपर्यन्तमालाति। स गोपालो ह्यों भवति तत् सोऽहन्। परं ब्रह्म कृष्णात्मको नित्यानन्दैकस्वरूपः सोऽहम्। ओं तत् सद्गोपालोऽहमेव। परं सत्यमबाधितं सोऽहमित्यात्मानमादाय मनसैक्यं कुर्यात्। आत्मानं गोपालोऽहमिति भावयेत्। स एवाव्यक्तोऽनन्तो नित्यो गोपालः ॥30॥

इसलिए रजस् (रजोगुण या मलिनता) से परे जो है, वह मैं स्वयं ही हूँ, ऐसी धारणा करके अपने आपमें 'मैं गोपाल ही हूँ'—इस प्रकार की भावना करनी चाहिए। ऐसा भावक मोक्ष को प्राप्त करता है, वह ब्रह्मत्व को प्राप्त करता है, वह ब्रह्मविद् हो जाता है, वह सृष्टिपर्यन्त गोपों को अपने आत्मत्व के रूप में स्वीकार करता है। वह गोपाल ॐ स्वरूप बन जाता है। जो वह सत् है वही मैं हूँ। कृष्णात्मक नित्य आनन्दस्वरूप जो परब्रह्म है, वही मैं हूँ। वह सत् स्वरूप गोपाल मैं ही हूँ। परम अबाधित सत्य वह मैं ही हूँ—इस प्रकार अपनी आत्मा में स्वीकार करके मन से ऐक्यभाव करना चाहिए। 'मैं गोपाल हूँ'—ऐसी आत्मा में भावना करनी चाहिए। वही अव्यक्त, अनन्त और नित्यगोपाल है।

मथुरायां स्थितिर्ब्रह्मन् सर्वदा मे भविष्यति।
शङ्खचक्रगदापद्मवनमालाधरस्य वै ॥31॥
विश्वरूपं परं ज्योतिः स्वरूपं रूपवर्जितम्।
मथुरामण्डले यस्तु जम्बूद्वीपे स्थितोऽपि वा।
योऽर्चयेत् प्रतिमां मां च स मे प्रियतरो भुवि ॥32॥
तस्यामधिष्ठितः कृष्णरूपी पूज्यस्त्वया सदा।

हे ब्रह्मन्! मेरा निवास मथुरा में सदैव रहेगा। वहाँ मैं शंख, चक्र, गदा, पद्म और वनमाला धारण करके रहूँगा। और अन्य मेरा स्वयं ज्योतिरूप आकाररहित जो विश्वरूप है। लेकिन मथुरा के मंडल में जो साकार स्वरूप है, उसे यदि (उसकी प्रतिमा को) जम्बूद्वीप में दूर रहने वाला भी कोई मनुष्य पूजता है, तो वह मेरा बहुत ही प्रिय बन जाता है। तुमको भी उस मूर्ति में प्रतिष्ठित कृष्णरूप की ही पूजा करनी चाहिए।

चतुर्धा चास्यावतारा भेदत्वेन यजन्ति माम् ॥33॥
युगानुवर्तिनो लोका यजन्तीह सुमेधसः।
गोपालं सानुजं कृष्णं रुक्मिण्या सह तत्परम् ॥34॥

गोपालोऽहमजो नित्यः प्रद्युम्नोऽहं सनातनः ।
रामोऽहमनिरुद्धोऽहमात्मानं ह्यर्चयेद्बुधः ॥35॥
मयोक्तेन स धर्मेण निष्कामेन विभागशः ।
तैरहं पूजनीयो वै भद्रकृष्णनिवासिभिः ॥36॥
तद्धर्मगतिहीना ये तस्यां मयि परायणाः ।

इस प्रकार से मुझ एक को ही युग के अनुसार बुद्धिमान लोग अवतार के भेद से चार प्रकार से—चतुर्व्यूह के रूप में पूजते हैं। अनुज-बलराम के और रुक्मिणी के साथ रहे हुए गोपाल की लोग पूजा करते हैं। वह गोपाल मैं पारमार्थिक रूप में अजन्मा, नित्य हूँ, और प्रद्युम्न भी सनातन है, बलराम भी मैं हूँ और अनिरुद्ध भी मैं ही हूँ—इस प्रकार अपनी आत्मा को मानकर बुद्धिमान को मेरी अर्चना करनी चाहिए। भद्रवन और कृष्णवन में बसते (समाहित) लोगों के द्वारा मुझे इसी तरह पूजा जाना चाहिए। वे धर्म की गति से हीन हों, और—

कलिना ग्रसिता ये वै तेषां तस्यामवस्थितिः ॥37॥
यथा त्वं सह पुत्रैस्तु यथा रुद्रो गणैः सह ।
यथा श्रियाऽभियुक्तोऽहं तथा भक्तो मम प्रियः ॥38॥

—चाहे कितने ही कलिकाल से ग्रसित क्यों न हों, यदि उनकी उपस्थिति उस नगरी में होगी तो उन्हें भी उस नगरी में रहकर मेरी पूजा करनी चाहिए। जैसे रुद्र अपने गणों के साथ मेरी पूजा करते हैं, वैसे तुम भी अपने पुत्रों के साथ मेरी पूजा करो। और जैसे मैं लक्ष्मी (ऐश्वर्य) से युक्त हूँ, उसी प्रकार मेरे भक्त तुम भी बने रहो।

स होवाचाब्जयोनिश्चतुर्भिर्दैवैः कथमेको देवः स्यात् ।
एकमक्षरं यद्विश्रुतमनेकाक्षरं कथं संभूतम् ॥39॥
स होवाच तं हि—पूर्वमेकमेवाद्वितीयं ब्रह्मासीत् । तस्मादव्यक्तमेकाक्षरम् । तस्मादक्षरान्महत् । महतोऽहंकारः । तस्मादहंकारात् पञ्च तन्मात्राणि । तेभ्यो भूतानि । तैरावृतमक्षरम् । अक्षरोऽहमोंकारोऽहमजरोऽमरोऽभयोऽमृतो ब्रह्माभयं हि वै । स मुक्तोऽहमस्मि । अक्षरोऽहमस्मि ॥40॥

तब कमलयोनि ब्रह्मा ने पूछा—'वह एक ही देव चार प्रकार के कैसे होते हैं ? जो एक ही अक्षर कहा गया है, वह अनेक अक्षर रूप कैसे हो सकता है ?' ब्रह्मा द्वारा इस तरह पूछे जाने पर नारायण ने उनसे कहा कि पहले तो एक और अद्वितीय ब्रह्म ही था। उससे एकाक्षर अव्यक्त उत्पन्न हुआ है। उस अव्यक्त से महत् जन्मा। महत् से अहंकार उत्पन्न हुआ। अहंकार से तन्मात्राएँ जन्मीं। और तन्मात्राओं से पंचमहाभूत उत्पन्न हुए। उनके द्वारा अक्षर आवृत हो गया। मैं वह अक्षर, यह ओंकार, अजर, अमर, अभय हूँ। सचमुच ब्रह्म अभय ही है। वही मैं मुक्त हूँ, वही मैं अक्षर हूँ।

सत्तामात्रं चित्स्वरूपं प्रकाशं व्यापकं तथा ।
एकमेवाद्वयं ब्रह्म मायया च चतुष्टयम् ॥41॥
रोहिणीतनयो विश्व अकाराक्षरसम्भवः ।
तैजसात्मकः प्रद्युम्न उकाराक्षरसम्भवः ॥42॥

प्राज्ञात्मकोऽनिरुद्धोऽसौ मकाराक्षरसम्भवः ।
अर्धमात्रात्मकः कृष्णो यस्मिन् विश्वं प्रतिष्ठितम् ॥43॥

वास्तविक (पारमार्थिक) दृष्टि से तो स्वयंप्रकाशित चिन्मय व्यापक सत्ता तो एक ही है, परन्तु माया से ही उसके चार भाग हुए हैं। रोहिणी के पुत्र बलराम 'विश्व' रूप और ओंकार के 'अकार' से उत्पन्न हुए हैं, 'तैजस्' स्वरूप प्रद्युम्न ओंकार के उकार से उत्पन्न हुए हैं, प्राज्ञस्वरूप अनिरुद्ध ओंकार के मकार से उत्पन्न हुए हैं। कृष्ण अर्धमात्रा का स्वरूप हैं, उनमें यह सारा विश्व प्रतिष्ठित है।

कृष्णात्मिका जगत्कर्त्री मूलप्रकृति रुक्मिणी ।
व्रजस्त्रीजनसम्भूतश्रुतिभ्यो ब्रह्मसङ्गतः ।
प्रणवत्वेन प्रकृतित्वं वदन्ति ब्रह्मवादिनः ॥44॥
तस्मादोंकारसम्भूतो गोपालो विश्वसंस्थितः ।
क्लीमोंकारस्य चैकत्वं वदन्ति ब्रह्मवादिनः ।
मथुरायां विशेषेण मां ध्यायन् मोक्षमश्नुते ॥45॥

कृष्णात्मिका मूलप्रकृति रुक्मिणी है, वही जगत्कर्त्री (जगत् को बनाने वाली) है। और व्रज की स्त्रियों के समूह से उत्पन्न हुई श्रुतियों से वह (ॐ) ज्ञान से पूर्ण (युक्त) हुआ है। इस तरह ब्रह्मवादी लोग प्रणव का प्रकृतित्व प्रतिपादित करते हैं। इस तरह ॐ कार से उत्पन्न हुए गोपाल सारे विश्व में उपस्थित हैं। ब्रह्मवादी लोग 'क्लीं' और 'ओम्'—दोनों को एक ही बताते हैं। विशेष करके मथुरा में मेरा ध्यान करने वाला मोक्ष को ही प्राप्त होता है।

अष्टपत्रं विकसितं हृत्पद्मं तत्र संस्थितम् ।
दिव्यध्वजातपत्रैस्तु चिह्नितं चरणद्वयम् ॥46॥
श्रीवत्सलाञ्छनं हृत्स्थं कौस्तुभप्रभया युतम् ।
चतुर्भुजं शङ्खचक्रशार्ङ्गपद्मगदाऽन्वितम् ॥47॥
सुकेयूरान्वितं बाहुं कण्ठमालासुशोभितम् ।
द्युमत्किरीटमभयं स्फुरन्मकरकुण्डलम् ॥48॥
हिरण्मयं सौम्यतनुं स्वभक्तायाभयप्रदम् ।
ध्यायेन्मनसि मां नित्यं वेणुशृङ्गधरं तु वा ॥49॥

मथुरा में वह ध्येय मूर्ति ऐसी है—वह (मैं) आठ दलों वाले विकसित हृदयकमल में विराजित हूँ। दिव्य ध्वजाओं और छत्रों से युक्त हूँ, दोनों चरण मेरे चिह्नित किए गए हैं। ऐसे श्रीवत्स के लांछन वाले, तेजोमय कौस्तुभमणि वाले, चार हाथ वाले, शंख-चक्र-गदा-शार्ङ्ग-पद्म से युक्त, सुन्दर केयूर पहने हुए हाथवाले, कण्ठ में मालाओं से सुशोभित, कान्तियुक्त मुकुट धारण किए हुए, हिलते मकराकार कुण्डल वाले, निर्भय, सोने की-सी कान्ति वाले, सौम्य शरीर वाले, अपने भक्तों को अभय देने वाले, वेणु या सींग को धारण किए हुए—इस प्रकार मेरा मन में ध्यान करना चाहिए।

मथ्यते तु जगत्सर्वं ब्रह्मज्ञानेन येन वा ।
मत्सारभूतं यद्यत्स्यान्मथुरा सा निगद्यते ॥50॥
अष्टदिक्पालकैर्भूमिपद्मं विकसितं जगत् ।

संसारार्णवसञ्जातं सेवितं मम मानसे ॥51॥
चन्द्रसूर्यत्विषो दिव्या ध्वजा मेरुर्हिरण्मयः ।
आतपत्रं ब्रह्मलोकमथोर्ध्वं चरणं स्मृतम् ॥52॥
श्रीवत्सस्य स्वरूपं च वर्तते लाञ्छनैः सह ।
श्रीवत्सलक्षणं तस्मात् कथ्यते ब्रह्मवादिभिः ॥53॥

जिससे सारा जगत् मथा जाता है, उसे मथन कहा जाता है, उस मथन में ही ब्रह्मज्ञान है, वह मेरा सारतत्त्व है, इसलिए उस मेरे निवासस्थान नगरी को मथुरा कहा जाता है। मेरे हृदय में तो आठ दिक्पालों के द्वारा सेवित यह भूमिरूपी पद्म विकसित हुआ है, जो कि संसाररूपी सागर से उत्पन्न हुआ है। सूर्य और चन्द्रमा की किरणें इस भूमिपद्म की ध्वजाएँ हैं। छत्रदण्ड इसका मेरु है, ब्रह्मलोक इसका छत्र है, और एक चरण ऊपर है। मेरा यह श्रीवत्स का स्वरूप लांछनों के साथ रहता है, इसलिए ब्रह्मवादियों के द्वारा मैं 'श्रीवत्सलक्षण' कहा जाता हूँ।

येन सूर्याग्निवाक्चन्द्रतेजसा स्वस्वरूपिणा ।
वर्तते कौस्तुभाख्यं मणिं वदन्तीशमानिनः ॥54॥
सत्त्वं रजस्तम इति अहंकारश्चतुर्भुजः ।
पञ्चभूतात्मकं शङ्खं करे रजसि संस्थितम् ॥55॥
बालस्वरूपमित्यन्तं मनश्चक्रं निगद्यते ।
आद्या माया भवेच्छार्ङ्गं पद्मं विश्वकरे स्थितम् ॥56॥
आद्या विद्या गदा वेद्या सर्वदा मे करे स्थिता ।
धर्मार्थकामकेयूरैर्दिव्यैर्दिव्यमयीरितैः ॥57॥

जिस स्वरूप के तेज से ही सूर्य, अग्नि, वाक् और चन्द्र प्रकाशित हो रहे हैं, उन्हीं को कौस्तुभ नाम की मणि के रूप में मेरे भक्त और महेश आदि बता रहे हैं। सत्त्व, रजस् और तमस् एवं अहंकार—ये मेरे चार हाथ हैं। रजोगुणविशिष्ट पंचभूतरूप शंख मेरे हाथ में धारण किया गया है। बालस्वरूप–विशुद्ध मन को ही मेरे हाथ में स्थित चक्र समझा जाता है। आद्या माया ही मेरा शार्ङ्ग धनुष है, विश्व ही कर में स्थित पद्म है। आद्या विद्या ही मेरे हाथ में रहने वाली गदा है। धर्म, अर्थ, काम, (मोक्ष ?) मेरे हाथ के केयूर कहे गए हैं।

कण्ठं तु निर्गुणं प्रोक्तं माल्यते आद्ययाऽजया ।
माला निगद्यते ब्रह्मंस्तव पुत्रैस्तु मानसैः ॥58॥
कूटस्थं सत्त्वरूपं च किरीटं प्रवदन्ति माम् ।
क्षीरोत्तरं प्रस्फुरन्तं कुण्डलं युगलं स्मृतम् ॥59॥
ध्यायेन्मम प्रियं नित्यं स मोक्षमधिगच्छति ।
स मुक्तो भवति तस्मै स्वात्मानं तु ददामि वै ॥60॥
एतत्सर्वं भविष्यद्वै मया प्रोक्तं विधे तव ।
स्वरूपं द्विविधं चैव सगुणं निर्गुणात्मकम् ॥61॥

मेरा कण्ठ निर्गुण (गुणातीत) है, उसमें आद्या मायारूपी माला पहनी हुई है। हे ब्रह्मा! तुम्हारे मानसपुत्रों ने (सनत्कुमारादिकों ने) ऐसा कहा है। सत्स्वरूप कूटस्थ ऐसे मुझे किरीट कहा गया है, और क्षीरोत्तर–ॐकार ही मेरे ये प्रस्फुरित दो कुण्डल माने जाते हैं। जो मनुष्य मेरे इस प्रिय स्वरूप का ध्यान

करता है, वह मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। वह मुक्त हो जाता है, उसे मैं अपनी आत्मा दे देता हूँ (साक्षात्कार करा देता हूँ)। हे ब्रह्मा! यह जो मैंने तुम्हें बताया है, वह सब अनुभव तुम्हें भविष्य में होगा। मैंने तुम्हें मेरे दो स्वरूप बताए हैं—एक सगुण है और दूसरा निर्गुण है।

स होवाचाब्जयोनिः—व्यक्तीनां मूर्तीनां प्रोक्तानां कथं त्वाभरणानि भवन्ति कथं वा देवा यजन्ति रुद्रा यजन्ति ब्रह्मा यजति ब्रह्मजा यजन्ति विनायका यजन्ति द्वादशादित्या यजन्ति वसवो यजन्ति गन्धर्वा यजन्ति सपदानुगा अन्तर्धाने तिष्ठन्ति कां मनुष्या यजन्ति ॥62॥

तब कमलजन्मा ब्रह्मा ने कहा—आपकी कही गई मूर्तियों के आभरण व्यक्तियों के लिए कैसे होते हैं ? देव लोग इसकी कैसे उपासना करते हैं ? रुद्र उन्हें कैसे पूजते हैं ? इन्हें ब्रह्मा, ब्रह्मा के सनत्कुमार आदि पुत्र, विनायक, बारह आदित्य, आठ वसु, गन्धर्व, उसकी कैसे पूजा (उपासना) करते हैं ? ये सब तो अपने-अपने कैलास, वैकुण्ठ, सत्यलोक आदि स्थानों में अन्तर्हित होकर पूजी जाती हैं। पर मनुष्य आपकी कौन-सी मूर्ति को भजते हैं ?

स होवाच तं हि वै नारायणो देवः—आद्या व्यक्ता द्वादशा मूर्तयः सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु देवेषु सर्वेषु मनुष्येषु तिष्ठन्ति रुद्रेषु रौद्री ब्रह्माणीयेषु ब्राह्मी देवेषु दैवी मनुष्येषु मानवी विनायकेषु विघ्नविनाशिनी आदित्येषु ज्योतिर्गन्धर्वेषु गान्धर्वी अप्सरःस्वेवं गौर्वसुष्वेवं काम्या अन्तर्धानेष्वप्रकाशिनी आविर्भावतिरोभावा स्वपदे तिष्ठन्ति तामसी राजसी सात्त्विकी मानुषी विज्ञानघन आनन्दघनः सच्चिदानन्दैकरसे भक्तियोगे तिष्ठति ॥63॥

तब उन नारायण ने ब्रह्मा से कहा कि—पहली बारह मूर्तियाँ व्यक्त हैं। ये मूर्तियाँ सभी लोकों में, सभी देवों में और सभी मनुष्यों में रहती हैं। जैसे—रुद्रों में रौद्री, ब्रह्माणियों में ब्राह्मी, देवों में दैवी, मनुष्यों में मानवी, विनायकों में विघ्नविनाशिनी, आदित्यों में ज्योति, गंधर्वों में गान्धर्वी, इसी प्रकार अप्सराओं में गौरी, ऐसे वसुओं में काम्या, अन्तर्धानों में अप्रकाशिनी और अपने स्थान में आविर्भाव तिरोभावरूप रहती हैं। इनमें जो मानुषी मूर्ति है वह सात्त्विकी, राजसी और तामसी—इन तीन प्रकारों वाली है। और वह मूर्ति विज्ञानघन, आनन्दमय, सच्चिदानन्दैकरसरूप भक्तियोग में रहती है। विज्ञानमय आनन्द नाम की मनुष्यप्रसिद्ध मूर्ति जो सच्चिदानंदरसमय भक्तियोग है, वहाँ रहती है।

ॐ प्राणात्मने ॐ तत्सद्भूर्भुवःसुवस्तस्मै वै प्राणात्मने नमो नमः । ॐ श्रीकृष्णाय गोविन्दाय गोपीजनवल्लभाय ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ अपानात्मने ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वा अपानात्मने नमो नमः । ॐ श्रीकृष्णायानिरुद्धाय ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ व्यानात्मने ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै व्यानात्मने नमो नमः । ॐ श्रीकृष्णाय रामाय ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ उदानात्मने ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै उदानात्मने नमो नमः । ॐ श्रीकृष्णाय देवकीनन्दनाय ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ समानात्मने ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै समानात्मने नमो नमः । ॐ श्रीगोपालाय निजस्वरूपाय ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै

वै नमो नमः । ॐ योऽसौ प्रधानात्मा गोपाल ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ योऽसाविन्द्रियात्मा गोपाल ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ योऽसौ भूतात्मा गोपाल ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ योऽसावुत्तमपुरुषो गोपाल ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नभो नमः । ॐ योऽसौ ब्रह्मापरं वै ब्रह्म ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ योऽसौ सर्वभूतात्मा गोपाल ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः । ॐ जाग्रत्स्वप्नसुषुप्ति-तुरीयातीतोऽन्तर्यामी गोपाल ॐ तत्सद्भूर्भुवः सुवस्तस्मै वै नमो नमः ॥64॥

अब ब्रह्मा और ब्रह्मा से उत्पन्न हुए मनुष्यादि कैसे यजन करते हैं, इस प्रकार पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहते हैं कि (इन्द्रियों के = गो के पालक = गोपाल की स्तुति इस तरह की जाती है कि)—प्राणात्मा को नमस्कार हो। कृष्ण को, गोविन्द को, गोपीजन वल्लभ को नमस्कार हो। अपानात्मा को नमस्कार हो। कृष्ण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध को नमस्कार हो। व्यानात्मा को नमस्कार हो। कृष्ण और राम को नमस्कार हो। उदानात्मा को नमस्कार हो। कृष्ण को और देवकीनन्दन को नमस्कार हो। समानात्मा को नमस्कार हो। गोपाल तथा निजस्वरूप को नमस्कार हो। प्रियतम आत्मा गोपाल को नमस्कार हो। इन्द्रियों के आत्मा गोपाल को नमस्कार हो। भूतात्मा गोपाल को नमस्कार हो। अनुत्तम पुरुष गोपाल को नमस्कार हो। जो यह अपरब्रह्मरूप गोपाल है, उसे नमस्कार हो। सर्वभूतों के आत्मस्वरूप गोपाल को नमस्कार हो। जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय—इन चारों अवस्थाओं को लाँघकर रहने वाले तुर्यातीत गोपाल को नमस्कार हो। अन्तर्यामी गोपाल को नमस्कार हो। भूः स्वरूप, भुवः स्वरूप, स्वः स्वरूप ऐसे गोपाल को ॐकारपूर्वक बार-बार नमस्कार हो, नमस्कार हो।

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा ।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च ॥65॥

इस गोपाल का पारमार्थिक स्वरूप तो इस प्रकार का है—वह एक और अद्वितीय है, वह सभी प्राणियों का अन्तरात्मा है, वह गूढ़ (छिपा हुआ) है, वह सर्वव्यापक और स्वयंप्रकाश है। वह सभी कर्मों का अध्यक्ष है, वह सभी प्राणियों में निवास करता है। वह साक्षी है, चैतन्यरूप है और निर्गुण है।

ॐ रुद्राय नमः । आदित्याय नमः । विनायकाय नमः । सूर्याय नमः । विद्यायै नमः । इन्द्राय नमः । अग्नये नमः । यमाय नमः । निर्ऋतये नमः । वरुणाय नमः । वायवे नमः । कुबेराय नमः । ईशानाय नमः । सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः ॥66॥

यह जो कृष्ण नामक ब्रह्मतत्त्व है, उनके स्वरूप की अज्ञानमय दृष्टि से जो बारह रूप में विभक्त होकर लोगों को दिखाई दे रहे हैं, सामान्य अज्ञानी लोग उन्हीं विभक्त रूपों की पूजा (उपासना) करते हैं और ओंकार पूर्वक कहते हैं कि ॐ रुद्र को नमस्कार, आदित्य को नमस्कार, विनायक को नमस्कार, सूर्य को नमस्कार, विद्या को नमस्कार, इन्द्र को नमस्कार, अग्नि को नमस्कार, यम को नमस्कार, निर्ऋति को नमस्कार, वरुण को नमस्कार, वायु को नमस्कार, कुबेर को नमस्कार, ईशान को नमस्कार, सभी देवों को नमस्कार हो।

दत्त्वा स्तुतिं पुण्यतमां ब्रह्मणे स्वस्वरूपिणे ।
कर्तृत्वं सर्वभूतानामन्तर्धानो बभूव सः ॥67॥
ब्रह्मणा ब्रह्मपुत्रेभ्यो नारदात्तु श्रुतं मुने ।
तथा प्रोक्तं तु गान्धर्वि गच्छध्वं स्वालयान्तिकम् ॥ इति ॥68॥

इति गोपालपूर्वोत्तरतापिन्युपनिषत्समाप्ता ।

मुनि दुर्वासा ने गांधर्वी से यह कहकर कहा कि इस प्रकार भगवान् नारायण अपने पुत्र ब्रह्माजी को पूर्वकथित पुण्यदात्री स्तुति और सर्वलोकों की सृष्टि के कर्तृत्व का सामर्थ्य देकर स्वयं अन्तर्धान-(अदृश्य) हो गए। हे गान्धर्वी ! यह शास्त्र प्रारंभ में नारायण ने अपने पुत्र ब्रह्मा को बताया था। ब्रह्मा ने यह शास्त्र अपने पुत्रों—सनत्कुमारादि तथा नारदादि को बताया था। मैंने इसे सनकादि तथा नारद से सुना है। और जैसा मैंने सुना वैसा ही तुम लोगों से मैंने कहा। अब तुम सब लोग अपने-अपने घर की ओर जाओ।

इस प्रकार गोपालोत्तरतापिन्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः----देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(99) कृष्णोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस अथर्ववेदीय उपनिषत् में कहा गया है कि नन्द परमानंद है, यशोदा मुक्ति है, देवकी ब्रह्मविद्या और वसुदेव वेद हैं। कृष्ण-बलराम वेदार्थ, गोपियाँ और गायें वेद की ऋचाएँ हैं। कृष्ण की लाठी ब्रह्मा, बाँसुरी रुद्र, शृंग इन्द्र, गोकुल वैकुण्ठ और वहाँ के वृक्ष तपस्वी मुनिगण हैं। गोपालकृष्ण माया द्वारा शरीर धारण किए हुए ईश्वर हैं। वह स्वयं ब्रह्म हैं। चाणूर द्वेष, मुष्टिक मत्सर, कुवलयापीड दर्प, बकासुर गर्व, रोहिणी दया, सत्यभामा अहिंसा, अघासुर महाव्याधि, कंस कलि, सुदामा मनोविग्रह, अक्रूर सत्य, उद्धव इन्द्रियनिग्रह, शंख लक्ष्मी, कश्यप उलूखल, अदिति रस्सी, कालिका गदा, शार्ङ्ग माया, कमल जगद्बीज और तुलसीमाला शक्ति है। ये सब कृष्ण से भिन्न नहीं और कृष्ण उनसे भिन्न नहीं हैं।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

श्रीमहाविष्णुं सच्चिदानन्दलक्षणं रामचन्द्रं दृष्ट्वा सर्वाङ्गसुन्दरं मुनयो वनवासिनो विस्मिता बभूवुः। तं होचुर्नोऽवद्यमवतारान्वै गण्यन्ते आलिङ्गामो भवन्तमिति। भवान्तरे कृष्णावतारे यूयं गोपिका भूत्वा मामालिङ्गथ अन्ये येऽवतारास्ते हि गोपा नः स्त्रीश्च नो कुरु।
अन्योऽन्यविग्रहं धार्यं तवाङ्गस्पर्शनादिह।
शश्वत्स्पर्शयितास्माकं गृह्णीमोऽवतारान्वयम् ॥1॥
रुद्रादीनां वचः श्रुत्वा प्रोवाच भगवान्स्वयम्।
अङ्गसङ्गं करिष्यामि भवद्वाक्यं करोम्यहम् ॥2॥

सच्चिदानन्दस्वरूप श्रीमहाविष्णुरूप रामचन्द्र जी को सर्वांगसुन्दर देखकर वनवासी मुनिलोग विस्मित हुए और उनसे कहने लगे कि अवतार तो अच्छा नहीं। अवतार तो बहुत गिने जाते हैं। हम तो आपके किसी अवतार में आपको आलिंगन करना चाहते हैं। तब भगवान् बोले—'अन्य जन्म में कृष्णावतार में आप सब गोपिकाएँ बनकर मेरा आलिंगन करेंगे।' तब ऋषि लोग बोले—'हमारे अन्य अवतारों में भी हमें आप गोप-गोपियाँ ही रखें। वह हमें स्त्रियाँ बना दे। उस कृष्णावतार में अन्योऽन्यानुकूल स्त्री-पुरुष का रूप धारण करेंगे जिससे कि आपका रमणीय स्पर्श हो सके। हम ऐसे शाश्वत स्पर्श कराने वाले अवतारों को स्वीकार करते हैं।' रुद्रादि देवों का यह वचन सुनकर स्वयं भगवान् ने कहा—'आपका वचन मानकर मैं आपका अंगसंग करूँगा।'

मोदितास्ते सुराः सर्वे कृतकृत्याधुना वयम्।
यो नन्दः परमानन्दो यशोदा मुक्तिगेहिनी ॥3॥
माया सा त्रिविधा प्रोक्ता सत्त्वराजसतामसी।
प्रोक्ता च सात्त्विकी रुद्रे भक्ते ब्रह्मणि राजसी ॥4॥
तामसी दैत्यपक्षेषु माया त्रेधा ह्युदाहृता।
अजेया वैष्णवी माया जप्येन च सुता पुरा ॥5॥
देवकी ब्रह्मपुत्रा सा या वेदैरुपगीयते।
निगमो वसुदेवो यो वेदार्थः कृष्णरामयोः ॥6॥

इस प्रकार भगवान् से प्रसन्न किए गए वे सब देव बोले—'हम कृतकृत्य हो गए।' बाद में जन्मांतर में भगवान् के आनन्द के रूप में नन्द जन्मे। यशोदा मुक्तिरूपिणी ही है। भगवान् की माया सात्विकी, राजसी और तामसी—तीन प्रकार की है। भक्त रुद्र में सात्विकी, ब्रह्मा में राजसी और दैत्यों के पक्ष में तामसी माया कही गई है। और जो एक वैष्णवी माया है वह तो अजेय है। यह माया किसी अन्य मंत्र के जाप से जीती नहीं जा सकती, वह पहले अपनी आत्मा में ही जन्मी अपनी पुत्री के समान है। जो देवकी है वह ब्रह्मपुत्रा (ब्रह्मविद्या) ही है। वह ब्रह्मविद्या वेदों में गायी जाती है। वासुदेव ही निगमरूप हैं और कृष्ण-बलराम—दोनों को वेदार्थ ही कहा जाता है।

स्तुवते सततं यस्तु सोऽवतीर्णो महीतले।
वने वृन्दावने क्रीडन्गोपगोपीसुरैः सह ॥7॥
गोप्यो गाव ऋचस्तस्य यष्टिका कमलासनः।
वंशस्तु भगवान् रुद्रः शृङ्गमिन्द्रः सगोसुरः ॥8॥
गोकुलं वनवैकुण्ठं तापसास्तत्र ते द्रुमाः।
लोभक्रोधादयो दैत्याः कलिकालस्तिरस्कृतः ॥9॥
गोपरूपो हरिः साक्षान्मायाविग्रहधारणः।
दुर्बोधं कुहकं तस्य मायया मोहितं जगत् ॥10॥

जो वेदार्थ सतत जिसकी स्तुति करते हैं, वही परब्रह्मरूप इस भूमिपर वृंदावन के वन में गोपों, गोपियों और देवों के साथ खेल करते हुए (लीला करते हुए) अवतरित हुए हैं। गोपियाँ और गायें वेद की ऋचाएँ हैं, यष्टिका के रूप में ब्रह्मा उत्पन्न हुए, भगवान् रुद्र बाँसुरी बनकर आए, शृंग होकर गायों और देवों के साथ इन्द्र जन्मे और माया द्वारा शरीर धारण करके साक्षात् हरि ही गोप के रूप में आये। उनका रहस्य जानना दुष्कर है। उनकी माया से सारा जगत् मोहित हुआ है।

दुर्जया सा सुरैः सर्वैर्धृष्टिरूपो भवेद्द्विजः।
रुद्रो येन कृतो वंशस्तस्य माया जगत्कथम् ॥11॥
बलं ज्ञानं सुराणां वै तेषां ज्ञानं हृतं क्षणात्।
शेषनागोभवेद्रामः कृष्णो ब्रह्मैव शाश्वतम् ॥12॥
अष्टावष्टसहस्रे द्वे शताधिक्यः स्त्रियस्तथा।
ऋचोपनिषदस्ता वै ब्रह्मरूपा ऋचः स्त्रियः ॥13॥
द्वेषश्चाणूरमल्लोऽयं मत्सरो मुष्टिको जयः।
दर्पः कुवलयापीडो गर्वो रक्षः खगो बकः ॥14॥

वह माया सभी देवों के द्वारा भी दुर्जय है, जिसने ब्रह्माजी को भी यष्टिरूप बना दिया और रुद्र को भी बाँसुरी का रूप दे दिया। उन प्रभु को यह जगत् कैसे जान सकता है ? भगवान् की माया ने देवों का बल और प्राण एक क्षण में हर लिया था। शेषनाग बलराम के रूप में और शाश्वत ब्रह्म ने कृष्ण के रूप में अवतार लिया (वे बलराम और कृष्ण बने।) भगवान् की सोलह हजार एक सौ आठ स्त्रियाँ वेद की ऋचाएँ और उपनिषदें ही हैं। अन्य स्त्रियाँ भी ब्रह्मरूप (वेदरूप) ऋचाएँ ही हैं। द्वेष चाणूर मल्ल हुआ, मत्सर ही अजय मुष्टिक हुआ, दर्प कुवलयापीड हुआ और गर्व पक्षीरूप में बक हुआ।

दया सा रोहिणी माता सत्यभामा धरेति वै।
अघासुरो महाव्याधिः कलिः कंसः स भूपतिः ॥15॥
शमो मित्रः सुदामा च सत्याक्रूरोद्धवो दमः।
यः शङ्खः स स्वयं विष्णुर्लक्ष्मीरूपो व्यवस्थितः ॥16॥
दुग्धसिन्धौ समुत्पन्नो मेघघोषस्तु संस्मृतः।
दुग्धोदधिः कृतस्तेन भग्नभाण्डो दधिग्रहे ॥17॥
क्रीडते बालको भूत्वा पूर्ववत्सुमहोदधौ।
संहारार्थं च शत्रूणां रक्षणाय च संस्थितः ॥18॥

दया रोहिणी माता बनकर आई। धरतीमाता सत्यभामा बनकर आई। महाव्याधि अघासुर और कलि कंस राजा हुए। शम सुदामा मित्र, सत्य अक्रूर और दम उद्धव हुए। जो शंख है, वह स्वयं विष्णु हैं और लक्ष्मी का भाई होने के नाते वह स्वयं लक्ष्मीरूप भी है। वह शंख क्षीरसागर से उत्पन्न हुआ है और मेघ जैसी उसकी आवाज कही गई है। भगवान् ने दही के ग्रहण के लिए दूध के मटके फोड़कर वहाँ क्षीरसागर को ही पैदा कर दिया था। और उसी क्षीर के महासागर में वे पहले की ही तरह अच्छी तरह क्रीड़ा कर रहे हैं। वे शत्रुओं के संहार के लिए और सज्जनों के रक्षण के लिए सदैव व्यवस्थित रहते हैं।

कृपार्थे सर्वभूतानां गोप्तारं धर्ममात्मजम्।
यत्स्रष्टुमीश्वरेणासीत्तच्चक्रं ब्रह्मरूपधृक् ॥19॥
जयन्तीसम्भवो वायुश्चमरो धर्मसंज्ञितः।
यस्यासौ ज्वलनाभासः खड्गरूपो महेश्वरः ॥20॥
कश्यपोलूखलः ख्यातो रज्जुर्माताऽदितिस्तथा।
चक्रं शङ्खं च संसिद्धिं बिन्दुं च सर्वमूर्धनि ॥21॥
यावन्ति देवरूपाणि वदन्ति विबुधा जनाः।
नमन्ति देवरूपेभ्य एवमादि न संशयः ॥22॥

सभी प्राणियों के ऊपर कृपा करने के लिए और अपने आत्मज जैसे धर्म की रक्षा करने वाले ही कृष्ण को जानना चाहिए। ईश्वर (महाकाल) के द्वारा जो चक्र उत्पन्न किया गया वही चक्र कृष्ण के हाथ में ब्रह्मरूप को धारण किए हुए शोभित हो रहा है। भगवान् के जन्मकाल में उत्पन्न हुआ यह वायु चँवर के रूप में बह रहा था वह धर्म ही का रूप था। यहाँ महेश्वर चमकते हुए अग्नि जैसे खड्ग के रूप में आए हैं। काश्यप उलूखल के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं, अदिति रस्सी बनी हैं। जिस भगवान् के शंख और चक्र जैसे आयुध रहते हैं और सब प्राणियों के मस्तक में सहस्रारचक्र में निर्विकल्परूप

सिद्धि को और तुरीयसाक्षात्काररूप बिन्दु को योगीजन प्राप्त करते हैं। वह भगवान् सर्वात्मभाव से रहते हैं। जितने-जितने देवरूपों के बारे में ज्ञानीजन बातें कहते हैं, और जिन्हें लोग देव समझकर नमन करते हैं, वे सब भगवान् श्रीकृष्ण का ही अवलम्बन कर रहे हैं, इसमें कोई संशय नहीं है।

गदा च कालिका साक्षात्सर्वशत्रुनिबर्हिणी।
धनुः शार्ङ्गंस्वमाया च शरत्कालः सुभोजनः ॥23॥
अब्जकाण्डं जगद्बीजं धृतं पाणौ स्वलीलया।
गरुडो वटभाण्डीरः सुदामा नारदो मुनिः ॥24॥
वृन्दा भक्तिः क्रिया बुद्धिः सर्वजन्तुप्रकाशिनी।
तस्मान्न भिन्नं नाभिन्नमाभिर्भिन्नो न वै विभुः ॥25॥
भूमावुत्तारितं सर्वं वैकुण्ठं स्वर्गवासिनाम् ॥26॥
सर्वतीर्थफलं लभते य एवं वेद।
देहबन्धाद्विमुच्यते इत्युपनिषत् ॥27॥

इति कृष्णोपनिषत्समाप्ता।

सर्व शत्रुओं को मारने वाली कालिका ही गदा हुई है। स्वमाया शार्ङ्ग के रूप में प्रकट हुई है। और सर्वभक्षक काल ही बाण बनकर आया है। विश्व का बीज ही भगवान् के हाथ का कमल है, जिसको भगवान् अपने हाथ में लीलापूर्वक धारण करते हैं। गरुड ने ही भाण्डीरवट का रूप धारण किया है। नारद मुनि ही सुदामा बनकर आए हैं। वृन्दा भक्ति का रूप है और सभी प्राणियों की प्रकाशक बुद्धि ही भगवान् की क्रिया है। इसलिए इन गोप-गोपिकाओं से भगवान् भिन्न नहीं हैं और व्यापक प्रभु परमात्मा से वे भी अलग नहीं हैं। भगवान् ने स्वर्गवासियों को और वैकुण्ठ को भूमि पर उतार दिया। जो इस प्रकार जानता है, वह सभी प्रकार का फल प्राप्त कर लेता है। और देह के बन्धनों से मुक्त हो जाता है। ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

इस प्रकार कृष्णोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(100) याज्ञवल्क्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस शुक्लयजुर्वेदीय उपनिषद् में राजा जनक और याज्ञवल्क्य के संवाद द्वारा संन्यासधर्म का विशद विवेचन किया गया है। इसमें आहिताग्नि संन्यास विधि, निरग्निक संन्यासविधि, ब्राह्मण का ही संन्यास में अधिकार, संन्यास में अनधिकृत लोगों का कर्तव्यनिरूपण, पारमहंस्यपूग की सर्वोत्कृष्टता, साम्बर परमहंस का लक्षण, दिगम्बरपरमहंस का लक्षण, संन्यासी का परमेश्वरत्व, स्त्री आदि की निन्दा और अच्छे यति का लक्षण आदि विषयों की चर्चा की गई है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पैंगलोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

अथ जनको ह वैदेहो याज्ञवल्क्यमुपसमेत्योवाच भगवन्संन्यासमनुब्रूहीति। स होवाच याज्ञवल्क्यो ब्रह्मचर्यं समाप्य गृही भवेत्। गृही भूत्वा वनी भवेत् वनी भूत्वा प्रव्रजेत्। यदि वेतरथा ब्रह्मचर्यादेव प्रव्रजेद्गृहाद्वा वनाद्वा। अथ पुनर्व्रती वाऽव्रती वा स्नातको वाऽस्नातको वा उत्सन्नाग्निरनग्निको वा यदहरेव विरजेत्तदहरेव प्रव्रजेत् ॥1॥

अब वैदेह राजा जनक याज्ञवल्क्य के सम्मुख जाकर बोले—'हे भगवन्! मुझे संन्यासधर्म बताइए।' तब याज्ञवल्क्य ने कहा—ब्रह्मचर्याश्रम को समाप्त करके गृहस्थाश्रमी बनना चाहिए। फिर गृहस्थाश्रमी से वानप्रस्थी होना चाहिए और वानप्रस्थ के बाद संन्यास लेना चाहिए। अथवा जितेन्द्रिय हो जाने पर ब्रह्मचर्य से या गृहस्थी से या वानप्रस्थ से भी संन्यास लेना चाहिए। वैराग्य हो जाने पर तो चाहे मनुष्य व्रती हो या अव्रती, स्नातक हो या न हो, अग्नि की सेवा-पूजा कर चुका हो या नहीं परन्तु जिस क्षण वैराग्य हो जाए, उसी क्षण संन्यास ले लेना चाहिए।

तदेके प्राजापत्यामेवेष्टिं कुर्वन्ति। अथवा न कुर्यादाग्नेय्यामेव कुर्यात्। अग्निर्हि प्राणः। प्राणमेवैतया करोति। त्रैधातवीयामेव कुर्यात्। एतयैव त्रयो धातवो यदुत सत्त्वं रजस्तम इति। अयं ते योनिर्ऋत्विजो यतो जातो अरोचथाः। तं जानन्नग्न आरोहाथा नो वर्धया रयिमित्यनेन मन्त्रेणाग्निमाजिघ्रेत्। एष वा अग्नेर्योनिर्यः प्राणं गच्छ स्वां योनिं गच्छ स्वाहेत्येवमेवैतदाह ॥2॥

कुछ लोग इसके बाद प्राजापत्य इष्टि करते हैं। अथवा फिर इस यज्ञ को न करके आग्नेय यज्ञ ही कर ले। क्योंकि अग्नि ही प्राण है। इस यज्ञ से प्राण की ही पुष्टि होती है। अथवा सत्त्व-रजस्-

तमस्—इन त्रिधातुओं के सम्बन्धयुक्त यज्ञ करे। तब इस मंत्र से अग्नि का आघ्राण करे—"हे अग्निदेव! जिस मूल कारण से आप उत्पन्न होकर प्रकाशित हो रहे हैं, उसे जानकर आप अत्यन्त प्रज्वलित हों और हमारे ऐश्वर्य को बढ़ाएँ। अग्नि का मूलकारण यही प्राण है, अतः हे अग्निदेव, आप अपने उद्भव-स्थान प्राण में प्रतिष्ठित हो जाएँ।"

ग्रामादग्निमाहृत्य पूर्ववदग्निमाजिघ्रेत्। यदग्निं न विन्देदप्सु जुहुयादापो वै सर्वा देवताः सर्वाभ्यो देवताभ्यो जुहोमि स्वाहेति हुत्वोद्धृत्य प्राश्नीयात् साज्यं हविरनामयम्। मोक्षमन्त्रैस्त्रय्येवं वेद तद्ब्रह्म तदुपासितव्यम्। शिखां यज्ञोपवीतं छित्त्वा संन्यस्तं मयेति त्रिवारमुच्चरेत्। एवमेवैतद्भगवन्निति वै याज्ञवल्क्यः ॥3॥

गाँव से अग्नि लाकर पहले की तरह उसका आघ्राण करना चाहिए। यदि अग्नि न मिले तो जल में ही यज्ञ करना चाहिए क्योंकि जल सर्वदेवतामय है। 'मैं सभी देवताओं के लिए होम कर रहा हूँ स्वाहा'—इस प्रकार होम करके उसे खा लेना चाहिए। घी वाला वह हवि नीरोग होता है। फिर मोक्षमंत्रों के द्वारा वेदत्रयी की प्राप्ति करनी चाहिए। वही ब्रह्म है, उसकी उपासना करनी चाहिए। फिर शिखा और यज्ञोपवीत को काटकर, 'मैंने संन्यास लिया है'—ऐसा तीन बार बोलना चाहिए। 'हे जनक, यह विधि ऐसी है'—ऐसा याज्ञवल्क्य ने (जनक से) कहा।

अथ हैनमत्रिः पप्रच्छ याज्ञवल्क्यं अयज्ञोपवीती कथं ब्राह्मण इति। स होवाच याज्ञवल्क्य इदं प्रणवमेवास्य तद्यज्ञोपवीतं य आत्मा। प्राश्याचम्यायं विधिः ॥4॥

बाद में याज्ञवल्क्य से अत्रि ने पूछा—'ब्राह्मण यज्ञोपवीत के बिना कैसे रह सकता है'? तब याज्ञवल्क्य ने कहा—संन्यासी का यज्ञोपवीत प्रणव ही है। वह ॐ ही आत्मा है। जिसने पूर्वोक्त प्रकार से हवन करके प्राशन कर लिया है, उसके लिए यही मात्र विधि है।

अथ वा परिव्राड्विवर्णवासा मुण्डोऽपरिग्रहः शुचिरद्रोही भैक्षमाणो ब्रह्मभूयाय भवति! एष पन्थाः परिव्राजकानां वीराध्वाने वाऽनाशके वापां प्रवेशे वाग्निप्रवेशे वा महाप्रस्थाने वा। एष पन्था ब्रह्मणा हानुवित्तस्तेनेति स संन्यासी ब्रह्मविदिति। एवमेवैष भगवन्निति वै याज्ञवल्क्य ॥5॥

अथवा वह परिव्राजक संन्यासी जो कि गेरुआ वस्त्रधारी, मुण्डित, अपरिग्रही, पवित्र, द्रोह न करने वाला, भिक्षाचारी होता है, वह ब्रह्मपद को प्राप्त होता ही है। अमर वीरगति, अग्निप्रवेश, जलप्रवेश, महाप्रस्थान आदि जो विधियाँ ब्रह्मप्राप्ति के लिए बताई गई हैं, उनमें से संन्यासियों के लिए यही (पूर्वोक्त) मार्ग बताया गया है। इसी कारण से वह परिव्राजक (संन्यासी) ब्रह्म का ज्ञाता है। हे जनक! यह विधि ऐसी ही है—ऐसा याज्ञवल्क्य ने कहा।

तत्र परमहंसा नाम संवर्तकारुणिश्वेतकेतुदुर्वासऋभुनिदाघदत्तात्रेयशुकवामदेवहारीतकप्रभृतयोऽव्यक्तलिङ्गाऽव्यक्ताचारा अनुन्मत्ता उन्मत्तवदाचरन्तः ॥6॥

यहाँ इन संन्यासियों में 'परमहंस' संज्ञा वाले अव्यक्त चिह्न और अव्यक्त स्वभाव वाले, उन्मत्त न होते हुए भी उन्मत्त-सा आचरण करने वाले संवर्तक, आरुणि, श्वेतकेतु, दुर्वासा, ऋभु, निदाघ, दत्तात्रेय, शुक, वामदेव, हारीतक आदि के नाम लिए जा सकते हैं।

परस्त्रीपुरपराङ्मुखास्त्रिदण्डं कमण्डलुं भुक्तपात्रं जलपवित्रं शिखां यज्ञोपवीतं बहिरन्तश्चेत्येतत्सर्वं भूः स्वाहेत्यप्सु परित्यज्यात्मानमन्विच्छेत् ॥7॥

संन्यासी को अन्य की स्त्रियों के प्रति विमुख होना चाहिए। उसे नगर में नहीं रहना चाहिए, त्रिदण्ड धारण करना चाहिए, कमण्डलु, भोजनपात्र, जलपवित्र, शिखा, यज्ञोपवीत—इन सभी बाहर के और प्रतीक चिह्नों को उसे 'भूः स्वाहा'—ऐसा कहकर जल में छोड़ देना चाहिए और निरन्तर आत्मानुसन्धान ही करते रहना चाहिए।

यथा जातरूपधरा निर्द्वन्द्वा निष्परिग्रहास्तत्त्वब्रह्ममार्गे सम्यक्संपन्नाः शुद्धमानसाः प्राणसंधारणार्थं यथोक्तकाले विमुक्तो भैक्षमाचरन्नुदरपात्रेण लाभालाभौ समौ भूत्वा करपात्रेण वा कमण्डलूदकपो भैक्षमाचरन्नुदरमात्रसंग्रहः पात्रान्तरशून्यो जलस्थलकमण्डलुरबाधकरहः स्थलनिकेतनो लाभालाभौ समौ भूत्वा शून्यागार-देवगृहतृणकूट-वल्मीक-वृक्षमूलकुलालशालाग्निहोत्र-शालानदीपुलिनगिरि-कुहरकोटर-कन्दर-निर्झर-स्थण्डिलेष्वनिकेतनिवास्यप्रयत्नः शुभाशुभकर्मनिर्मूलनपरः संन्यासेन देहत्यागं करोति स परमहंसो नामेति ॥8॥

तुरन्त जन्मे हुए बच्चे जैसे निर्वस्त्र, सुख-दुःखादि द्वन्द्वों से रहित, परिग्रहरहित, ब्रह्मतत्त्व की प्राप्ति के मार्ग में अच्छी तरह लगे हुए, शुद्ध मनवाले, केवल प्राणधारण के लिए यथासमय स्वेच्छा से भिक्षा माँगने वाले, उदर को ही पात्ररूप में रखने वाले, लाभ-हानि को समान मानने वाले, करपात्र या खप्पर में माँगकर खाने वाले, कमण्डलु का जल पीकर आनंद में रहने वाले और विचरण करने वाले ये परमहंस होते हैं। वे उदरपूर्ति जितना ही माँगते हैं। वे बाधारहित एकान्त स्थल में रहते हैं, लाभ-हानि को समान मानते हैं, और खाली खण्डहर, देवमन्दिर, घास की झोंपड़ी, वल्मीक, वृक्षमूल, कुम्हार का घर, यज्ञशाला, नदीतट, गुफा, या झरनों के बड़े-बड़े पत्थर—इन्हीं स्थानों में रहते हुए वे अपना घर कहीं नहीं बनाते और अपने अच्छे-बुरे सभी कर्मों को निर्मूल करते हुए वे संन्यास से देहत्याग कर देते हैं। ऐसे वे परमहंस होते हैं।

आशाम्बरो न नमस्कारो न दारपुत्राभिलाषी लक्ष्यालक्ष्यनिर्वर्तकः परिवाट् परमेश्वरो भवति। अत्रैते श्लोका भवन्ति ॥9॥

वह परमहंस दिशाओंरूपी वस्त्रों को धारण करता हुआ, किसी को नमस्कार योग्य न समझता हुआ, स्त्री-पुत्रादि की अभिलाषा न करता हुआ, लक्ष्य और अलक्ष्य—दोनों का त्याग करता हुआ, संन्यासी होता है—अर्थात् वही परमेश्वर हो जाता है। इसके विषय में ये श्लोक कहे गए हैं—

यो भवेत्पूर्वसंन्यासी तुल्यो वै धर्मतो यदि।
तस्मै प्रणामः कर्तव्यो नेतराय कदाचन ॥10॥
प्रमादिनो बहिश्चित्ताः पिशुनाः कलहोत्सुकाः।

संन्यासिनोऽपि दृश्यन्ते वेदसंदूषिताशयाः ॥11॥
नामादिभ्यः परे भूम्नि स्वाराज्ये चेत्स्थितोऽद्वये।
प्रणमेत्कं तदात्मज्ञो न कार्यं कर्मणा तदा ॥12॥
ईश्वरो जीवकलया प्रविष्टो भगवानिति।
प्रणमेद्दण्डवद्भूमावाश्वचण्डालगोखरम् ॥13॥

जो मनुष्य अपने से पहले संन्यासी हो चुका हो, और जो अपने तुल्य धर्म वाला हो—तो ऐसे इन दोनों को ही नमस्कार करना चाहिए—अन्य को नहीं। प्रमादी, बहिर्मुखी, विषयासक्त, नीच, कलहप्रिय और वेद के विचारों को दोषपूर्ण बताने वाले संन्यासी भी देखे जाते हैं। नाम, धाम, काम और अवस्थाओं से परे, उच्चतम स्थान पर प्रतिष्ठित, अद्वय के साम्राज्य में अवस्थित, स्थिर बुद्धि वाला, आत्मतत्त्व में प्रतिष्ठित संन्यासी भला कैसे किसी को प्रणाम करेगा? क्योंकि सभी को आत्मस्वरूप देखने वाले उसके लिए तो संसार में कोई भी कार्य शेष नहीं रहा है। अथवा तो वह जीवमात्र में ईश्वर को समझकर घोड़े, चाण्डाल, गाय और गधे को भी दंडवत् प्रणाम कर लेता है।

मांसपाञ्जालिकायास्तु यन्त्रलोकेऽङ्गपञ्जरे।
स्नाय्वस्थिग्रन्थिशालिन्याः स्त्रियाः किमिव शोभनम् ॥14॥
त्वङ्मांसरक्तवाष्पाम्बु पृथक्कृत्वा विलोचने।
समालोकय रम्यं चेत्किं मुधा परिमुह्यसि ॥15॥
मेरुशृङ्गतटोल्लासिगङ्गाजलरयोपमा।
दृष्टा यस्मिन्मुने मुक्ताहारस्योल्लासशालिता ॥16॥
श्मशानेषु दिगन्तेषु स एव ललनास्तनः।
श्वभिरास्वाद्यते काले लघुपिण्ड इवान्धसः ॥17॥

मांस और मेद आदि के द्वारा रचे गए यंत्र जैसे हड्डियों के पंजर रूप नारी के देह में नसें, हड्डियाँ और ग्रन्थियाँ ही भरी हुई हैं। उसमें कौन सी वस्तु शोभनीय है? इस नारी की त्वचा, मांस, लहू, अश्रु, आदि को अलग-अलग करके देख लो। क्या वे शोभनीय लगते हैं? यदि नहीं, तो फिर क्यों उसके ऊपर मिथ्या ही इतने मुग्ध होते जा रहे हो? जिसके स्तनों पर लटकते हार को मेरुशिखरों के बीच बहती हुई गंगानदी के जल की उपमा दी गई है और वैसे ही वह हार दीख भी रहा है, परन्तु, श्मशानों में या यहीं-कहीं उसी नारी का कटा हुआ स्तन समय आने पर कुत्तों के द्वारा इस तरह खाया जाता है कि जैसे खाद्य पदार्थ का एक सामान्य टुकड़ा हो।

केशकज्जलधारिण्यो दुःस्पर्शा लोचनप्रियाः।
दुष्कृताग्निशिखा नार्यो दहन्ति तृणवन्नरम् ॥18॥
ज्वलिता अतिदूरेऽपि सरसा अपि नीरसाः।
स्त्रियो हि नरकाग्नीनामिन्धनं चारु दारुणम् ॥19॥
कामनाम्ना किरातेन विकीर्णा मुग्धचेतसः।
नार्यो नरविहङ्गानामङ्गबन्धनवागुराः ॥20॥
जन्मपल्वलमत्स्यानां चित्तकर्दमचारिणाम्।
पुंसां दुर्वासनारज्जुर्नारी बडिशपिण्डिका ॥21॥

सर्वेषां दोषरत्नानां सुसमुद्गिकयानया ।
दुःखशृङ्खलया नित्यमलमस्तु मम स्त्रिया ॥22॥

केशकलापों और नेत्रकज्जलों को धारण करने वाली, दुष्प्राप्य स्पर्शवाली, आँखों को प्रिय लगने वाली ये स्त्रियाँ तो जलती हुई आग की ज्वालाओं के समान हैं। वे पुरुष को घास के तिनके की तरह क्षणभर में जला देती हैं। ये स्त्रियाँ दूर से ही जला देने वाली, अत्यन्त रसमय दीखने पर भी रसहीन कर देने वाली, नरकाग्नि की लकड़ियाँ हैं, जो लकड़ियाँ सुन्दर दीखने पर भी सही रूप में दारुण होती हैं। काम नाम के पारधि ने मानवरूपी पक्षियों को पकड़ने के लिए हृदय को मुग्ध कर देने वाला स्त्री-रूपी जाल बिछा रखा है। जन्म के बावड़ी में बसती हुई और चित्त के कीचड़ में घूमती हुई पुरुषरूपी मछलियों के लिए दुर्वासनारूपी रस्सी से बँधी हुई ये स्त्रियाँ मछली पकड़ने के काँटे के समान हैं। सर्वतः दोषरत्नों की पिटारी रूप तथा दुःखों की जंजीररूप इस स्त्री से तो भगवान् ही बचाए।

यस्य स्त्री तस्य भोगेच्छा निःस्त्रीकस्य क्व भोगभूः ।
स्त्रियं त्यक्त्वा जगत्त्यक्तं जगत्त्यक्त्वा सुखी भवेत् ॥23॥
अलभ्यमानस्तनयः पितरौ क्लेशयेच्चिरम् ।
लब्धो हि गर्भपातेन प्रसवेन च बाधते ॥24॥
जातस्य ग्रहरोगादि कुमारस्य च धूर्तता ।
उपनीतेऽप्यविद्यत्वमनुद्वाहश्च पण्डिते ॥25॥
यूनश्च परदारादि दारिद्र्यं च कुटुम्बिनः ।
पुत्रदुःखस्य नास्त्यन्तो धनी चेन्म्रियते तदा ॥26॥

जिसकी स्त्री होती है, उसे भोग की इच्छा होती है, जिसकी स्त्री है ही नहीं, उसको भोग की इच्छा का प्रश्न ही नहीं रहता। एक स्त्री को छोड़ा तो जगत् पूरा छूट जाता है, और जगत् से छुटकारा पाकर मनुष्य सुखी होता है। पुत्र जब नहीं होता, तो माता-पिता को कष्ट होता है, अगर होता है तो गर्भपात या प्रसव की पीड़ा आ जाती है। अगर वह जन्मा, तो ग्रह या रोग आदि होता है, वह कुमारावस्था में आया तो बड़ा धूर्त निकल आता है। यदि उसको यज्ञोपवीत भी दिया गया तो वह विद्या नहीं पढ़ सकता और यदि विद्या पढ़कर पण्डित हुआ तो उसका विवाह दुष्कर बन जाता है। अगर वह युवान हुआ तो परस्त्री का फन्दा होता है और विवाह हुआ तो कुटुम्ब की गरीबी होती है, और अगर धनी भी हो जाता है तो मर जाता है। पुत्र के दुःखों का तो कोई अंत नहीं है।

न पाणिपादचपलो न नेत्रचपलो यतिः ।
न च वाक्चपलश्चैव ब्रह्मभूतो जितेन्द्रियः ॥27॥
रिपौ बद्धे स्वदेहे च समैकात्म्यं प्रपश्यतः ।
विवेकिनः कुतः कोपः स्वदेहावयवेष्विव ॥28॥
अपकारिणि कोपश्चेत्कोपे कोपः कथं न ते ।
धर्मार्थकाममोक्षाणां प्रसह्य परिपन्थिनि ॥29॥
नमोऽस्तु मम कोपाय स्वाश्रयज्वालिने भृशम् ।
कोपस्य मम वैराग्यदायिने दोषबोधिने ॥30॥

इस यति के हाथ और पैर चंचल नहीं होते और न उसकी आँखें ही चपल होती हैं। उसकी वाणी भी चपल नहीं होती। वह जितेन्द्रिय और ब्रह्मभूत ही होता है। सामने बँधे हुए शत्रु में और अपने देह

में एकात्मता को देखने वाले उस विवेकी को अपने देह के अवयवों की तरह उस शत्रु के शरीर पर भी कोप कैसे हो सकता है ? यदि तुम्हें अपने अपकारी के ऊपर कोप होता है, तो अपने कोप के ऊपर कोप क्यों नहीं आता ? क्योंकि वह क्रोध तो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—इन चारों पुरुषार्थों का बहुत विरोधी है। अपने आधार को ही एकदम जला देने वाले मेरे क्रोध को नमस्कार हो। मुझे वैराग्य देने वाले और मेरे दोषों को बताने वाले मेरे क्रोध को नमस्कार।

यत्र सुप्ता जना नित्यं प्रबुद्धस्तत्र संयमी ।
प्रबुद्धा यत्र ते विद्वान्सुषुप्तिं याति योगिराट् ॥31॥
चिदिहास्तीति चिन्मात्रमिदं चिन्मयमेव च ।
चित्त्वं चिदहमेते च लोकाश्चिदिति भावय ॥32॥
यतीनां तदुपादेयं पारहंस्यं परं पदम् ।
नातः परतरं किञ्चिद्विद्यते मुनिपुङ्गव ॥33॥ इत्युपनिषत् ।

इति याज्ञवल्क्योपनिषत्समाप्ता ।

जहाँ साधारण जन सोते हैं, वहाँ योगी (संयमी) सदा जागता है। और जहाँ लोग जागते हैं, वहाँ यह ब्रह्मज्ञ योगीराज सुषुप्ति को प्राप्त होता है। यहाँ चित् ही है, सब चिन्मात्र ही है, सब चिन्मय ही है, सब चित् ही चित् है, मैं भी चित् हूँ, ये सब लोक भी चित् है, ऐसी भावना करो। यतियों के लिए यह 'पारमहंस्यपद' ही उपादेय है। हे मुनिश्रेष्ठ ! इससे परे कुछ भी नहीं है।

इस प्रकार याज्ञवल्क्योपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं……पूर्णमेवावशिष्यते । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(101) वराहोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह कृष्णयजुर्वेदीय उपनिषत् है। इसमें वराह भगवान् ने ऋभु को ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया है। इसके पाँच बड़े अध्याय हैं। पहले अध्याय में तत्त्वों की संख्या के बारे में मतवैविध्य बताकर तत्त्वातीत भगवद्बुद्धि ही करणीय है, ऐसा बताकर उस बुद्धि का फल बताया है। दूसरे में साधनचतुष्टय, आत्मा का स्वरूप, आत्मज्ञानी की स्थिति, अज्ञानी और ज्ञानी का स्थिति वैलक्षण्य, आत्मानुसन्धान, जीवन्मुक्ति आदि विषय दिए गए हैं। तीसरे में चिन्मात्रभाव की प्राप्ति, भगवद्भक्ति का मोक्ष साधनत्व आदि विषय दिए हैं। चौथे में सात भूमिकाएँ प्रणव की अकारादि की विकृति के चार प्रकार, चार प्रकार के जीवन्मुक्त बताए गए हैं। पाँचवें में योग की बातें—अष्टांग योग, बन्ध, नाड़ी आदि की बहुत सी बातों का संग्रह किया है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ॒ भा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोऽध्यायः

हरिः ॐ। अथ ऋभुर्वै महामुनिर्देवमानेन द्वादशवत्सरं तपश्चचार। तदवसाने वराहरूपी भगवान्प्रादुरभूत्। स होवाचोत्तिष्ठोत्तिष्ठ वरं वृणीष्वेति। सोदतिष्ठत्। तस्मै नमस्कृत्योवाच भगवन्कामिभिर्यद्यत्कामितं तत्तत्त्वत्सकाशात्स्वप्नेऽपि न याचे। समस्तवेदशास्त्रेतिहासपुराणानि समस्तविद्याजालानि ब्रह्मादयः सुराः सर्वे त्वद्रूपज्ञानान्मुक्तिमाहुः। अतस्त्वद्रूपप्रतिपादिकां ब्रह्मविद्यां ब्रूहीति होवाच। तथेति स होवाच वराहरूपी भगवान्। चतुर्विंशतितत्त्वानि केचिदिच्छन्ति वादिनः। केचित्षट्त्रिंशत्तत्त्वानि केचित्षण्णवतीनि च ॥1॥

हरिः ॐ। महामुनि ऋभु ने देवों की काल गणना के अनुसार, बारह वर्ष तक तपश्चर्या की। तपश्चर्या के अन्त में भगवान् वाराह स्वरूप में प्रकट हुए, और कहने लगे कि "उठो, उठो वरदान माँग लो।" तब ऋभु उठे। उन्होंने वराह भगवान् को नमस्कार करके कहा—"हे भगवन्! कामना वाले लोग जो-जो इच्छाएँ करते हैं, उनमें से कोई भी इच्छापूर्ति मैं आपके पास स्वप्न में भी नहीं माँगता। समस्त वेद, शास्त्र, पुराण, इतिहास और समग्र विद्याओं के समूह तथा ब्रह्मादि सभी देव भी कहते हैं कि आपके स्वरूपज्ञान से मुक्ति मिलती है। इसलिए आपके स्वरूपज्ञान का प्रतिपादन करने वाली ब्रह्मविद्या का मुझे उपदेश दीजिए।" जब ऋभु ने ऐसा कहा तब वराहरूपी भगवान्, 'बहुत अच्छा' ऐसा कह कर कहने लगे कि कुछ मतवादी चौबीस तत्त्व, कुछ छत्तीस तत्त्व और कुछ तो छियानबे तत्त्व मानते हैं।

तेषां क्रमं प्रवक्ष्यामि सावधानमनाः शृणु।
ज्ञानेन्द्रियाणि पञ्चैव श्रोत्रत्वग्लोचनादयः ॥2॥
कर्मेन्द्रियाणि पञ्चैव वाक्पाण्यङ्घ्र्यादयः क्रमात्।
प्राणादयस्तु पञ्चैव पञ्च शब्दादयस्तथा ॥3॥
मनोबुद्धिरहंकारश्चित्तं चेति चतुष्टयम्।
चतुर्विंशतितत्त्वानि तानि ब्रह्मविदो विदुः ॥4॥

उनका क्रम मैं कह रहा हूँ। तुम सावधान होकर सुनो। श्रोत्र-त्वचा-नेत्र आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, वाणी-हाथ-पैर आदि पाँच कर्मेन्द्रियाँ, प्राणापानादि पाँच प्राण, शब्द-स्पर्शादि पाँच तन्मात्राएँ तथा मन-बुद्धि-चित्त-अहंकार ये चार मिलकर चौबीस तत्त्व ब्रह्मवेत्ता जानते हैं।

एतैस्तत्त्वैः समं पञ्चीकृतभूतानि पञ्च च।
पृथिव्यापस्तथा तेजो वायुराकाशमेव च ॥5॥
देहत्रयं स्थूलसूक्ष्मकारणानि विदुर्बुधाः।
अवस्थात्रितयं चैव जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तयः ॥6॥
आहत्य तत्त्वजातानां षट्त्रिंशन्मुनयो विदुः।
पूर्वोक्तैस्तत्त्वजातैस्तु समं तत्त्वानि योजयेत् ॥7॥

इन चौबीस तत्त्वों के साथ पंचीकृत पाँच भूत—पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश तथा स्थूल, सूक्ष्म और कारण—ये तीन देह, और जाग्रत्, स्वप्न और सुषुप्ति—ये तीन अवस्थाएँ, और एक आत्मा—इन तत्त्वों को कुछ बुद्धिमान लोग मिलाकर जानते हैं। उन सबको मिलाकर वे छत्तीस तत्त्व कहते हैं। और आगे भी उन छत्तीस तत्त्वों के साथ कुछ तत्त्व जोड़े जाते हैं। (कुछ लोग और भी तत्त्व जोड़ते हैं।)

षड्भावविकृतिश्चास्ति जायते वर्धतेऽपि च।
परिणामं क्षयं नाशं षड्भावविकृतिं विदुः ॥8॥
अशना च पिपासा च शोकमोहौ जरा मृतिः।
एते षड्ऊर्मयः प्रोक्ताः षट्कोशानथ वच्मि ते ॥9॥
त्वक्च रक्तं मांसमेदोमज्जास्थीनि निबोधत।
कामक्रोधौ लोभमोहौ मदो मात्सर्यमेव च ॥10॥
एतेऽरिषड्वा विश्वश्च तैजसः प्राज्ञ एव च।
जीवत्रयं सत्त्वरजस्तमांसि च गुणत्रयम् ॥11॥

जन्मता है, बढ़ता है, परिणत होता है, क्षय होता है, नष्ट होता है—आदि छः भावविकार हैं। भूख, प्यास, शोक, मोह, जरा और मरण—ये छः ऊर्मियाँ हैं। अब मैं तुम्हें छः कोशों के बारे में कहता हूँ—त्वचा, रक्त, मांस, मेद, मज्जा और अस्थि—ये कोश जानने चाहिए। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य—ये छः शत्रु हैं। विश्व, तैजस और प्राज्ञ—ये तीन जीव हैं। सत्त्व, रजस और तमस्—ये तीन गुण हैं।

प्रारब्धागाम्यर्जितानि कर्मत्रयमितीरितम्।
वचनादानगमनविसर्गानन्दपञ्चकम् ॥12॥

सङ्कल्पोऽध्यवसायश्च अभिमानोऽवधारणा ।
मुदिता करुणा मैत्री उपेक्षा च चतुष्टयम् ॥13॥
दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमृत्युकाः ।
तथा चन्द्रश्चतुर्वक्त्रो रुद्रः क्षेत्रज्ञ ईश्वरः ॥14॥
आहत्य तत्त्वजातानां षण्णवत्यस्तु कीर्तिताः ।
पूर्वोक्ततत्त्वजातानां वैलक्षण्यमनामयम् ॥15॥

प्रारब्ध, आगामी और संचित—ये तीन कर्म कहे जाते हैं। वचन [illegible] आनंद—ये पाँच और, तथा संकल्प [illegible]

[illegible] प्रमाणरूप (पारमार्थिक रूप) [illegible] ही मुक्त हो जाता है। 'देहात्मज्ञान' [illegible] 'देहात्माभाव का ज्ञान' (देहात्मभाव का बाधक ज्ञान) जिस पुरुष को हो जाता है, वह पुरुष न चाहते हुए भी मुक्त हो जाता है। जो मनुष्य सत्य, ज्ञान और आनन्दरूप पूर्ण लक्षणयुक्त और अज्ञानान्धकार से अतीत पर रहने वाले ब्रह्मानन्द को सदा देखता है, वह कर्मों से कैसे बँधेगा ?

त्रिधामसाक्षिणं सत्यज्ञानानन्दादिलक्षणम् ।
त्वमहंशब्दलक्ष्यार्थमसक्तं सर्वदोषतः ॥17॥
सर्वगं सच्चिदात्मानं ज्ञानचक्षुर्निरीक्षते ।
अज्ञानचक्षुर्नेक्षेत भास्वन्तं भानुमन्धवत् ॥18॥
प्रज्ञानमेव तद्ब्रह्म सत्यप्रज्ञानलक्षणम् ।
एवं ब्रह्मपरिज्ञानादेव मर्त्योऽमृतो भवेत् ॥19॥
तद्ब्रह्मानन्दमद्वन्द्वं निर्गुणं सत्यचिद्घनम् ।
विदित्वा स्वात्मनो रूपं न बिभेति कुतश्चन ॥20॥

तीन धामों (अवस्थाओं) का साक्षी, सत्य-ज्ञान-अनन्त आदि लक्षणवाला 'तू', 'मैं'—आदि शब्दों का लक्ष्यार्थरूप, सर्वदोषों से रहित, सर्वव्यापक और सच्चिदानन्दरूप आत्मा है। उसे ज्ञान दृष्टिवाला देख सकता है, पर अज्ञान दृष्टि वाला मनुष्य तो जैसे अन्धा प्रकाशित सूर्य को नहीं देख सकता, वैसे ही आत्मा को नहीं देख सकता। वह ब्रह्म उत्कृष्ट ज्ञानरूप ही है, एवं सत्य-श्रेष्ठ ज्ञान उसका लक्षण है। ऐसे ब्रह्म के ज्ञान से मनुष्य अमर हो जाता है। वह ब्रह्म आनन्दरूप, अद्वैत, निर्गुण, सत्य और चैतन्यमय आत्मा का स्वरूप है। उसे जान लेने के बाद मनुष्य किसी से भी नहीं डरता है।

चिन्मात्रं सर्वगं नित्यं सम्पूर्णं सुखमद्वयम् ।
साक्षाद्ब्रह्मैव नान्योऽस्तीत्येवं ब्रह्मविदां स्थितिः ॥21॥
अज्ञस्य दुःखौघमयं ज्ञस्यानन्दमयं जगत् ।
अन्धं भुवनमन्धस्य प्रकाशं तु सुचक्षुषाम् ॥22॥
अनन्तै सच्चिदानन्दे मयि वाराहरूपिणि ।
स्थितेऽद्वितीयभावः स्यात्को बन्धः कश्च मुच्यते ॥23॥
स्वस्वरूपं तु चिन्मात्रं सर्वदा सर्वदेहिनाम् ।
नैव देहादिसंघातो घटवद्दृशिगोचरः ॥24॥

वर्णाश्रमधर्म के पालन से, तप से और गुरु को प्रसन्न करने से मनुष्य को [illegible] होते हैं। जैसे—नित्य-अनित्य वस्तु विवेक, इहलोक तथा [illegible] सम्पत्ति और मुमुक्षुता—इन चार साधनों का [illegible] जितेन्द्रिय होकर सर्वत्र ममताबुद्धि को [illegible] (वराहरूपी भगवान्) ही ऐसी बुद्धि करनी चाहिए। [illegible] भावना जब होती है, तब तो क्या बन्धन है और कौन मुक्त होता [illegible] सभी प्राणियों का जो चैतन्य है, वही सही आत्मस्वरूप है, परन्तु घड़े की तरह [illegible] होता हुआ यह देहादि समुदाय तो आत्मस्वरूप है ही नहीं।

स्वात्मनोऽन्यदिवाभातं चराचरमिदं जगत् ।
स्वात्ममात्रतया बुद्ध्वा तदस्मीति विभावय ॥25॥
स्वस्वरूपं स्वयं भुङ्क्ते नास्ति भोज्यं पृथक् स्वतः ।
अस्ति चेदस्तितारूपं ब्रह्मैवास्तित्वलक्षणम् ॥26॥
ब्रह्मविज्ञानसम्पन्नः प्रतीतमखिलं जगत् ।
पश्यन्नपि सदा नैव पश्यति स्वात्मनः पृथक् ॥27॥
मत्स्वरूपपरिज्ञानात्कर्मभिर्न स बध्यते ॥28॥

आत्मा से अलग-सा ही दिखाई देने वाला यह सचराचर (जडचेतनमय जगत्) पारमार्थिक रूप से तो केवल अपनी आत्मा ही है, ऐसा जानकर तुम्हें 'मैं ही जगत् रूप हूँ' ऐसा मानना चाहिए। आत्मा अपने स्वरूप को ही भोगता है (अपने स्वरूप को ही खाता है), अपने से अलग कोई भोग्य पदार्थ ही नहीं है। फिर भी अगर कोई 'है' तो वह अस्तित्व के रूप में ब्रह्म ही है। अस्तित्व (सत्ता) ही ब्रह्म का लक्षण है। ब्रह्मानुभव से युक्त हुआ मनुष्य दिखाई देने वाले इस सारे जगत् को देखता हुआ भी उसे अपने आत्मा से अलग तो देखता ही नहीं है। ऐसे मेरे स्वरूप का ज्ञान होने से मनुष्य कर्मों से बँधता नहीं है।

यः शरीरेन्द्रियादिभ्यो विहीनं सर्वसाक्षिणम् ।
परमार्थैकविज्ञानं सुखात्मानं स्वयंप्रभम् ॥29॥
स्वस्वरूपतया सर्वं वेद स्वानुभवेन यः ।
स धीरः स तु विज्ञेयः सोऽहं तत्त्वं ऋभो भव ॥30॥
अतः प्रपञ्चानुभव. सदा न हि स्वरूपबोधानुभवः सदा खलु ।
इति प्रपश्यन्परिपूर्णवेदनो न बन्धमुक्तो न च बद्ध एव तु ॥31॥
स्वस्वरूपानुसन्धानान्नृत्यन्तं सर्वसाक्षिणम् ।
मुहूर्तं चिन्तयेन्मां यः सर्वबन्धैः प्रमुच्यते ॥32॥

जो मनुष्य अपने आत्मा को शरीर-इन्द्रियादि से अलग, सर्वसाक्षी, पारमार्थिक, एकमात्र, विज्ञानस्वरूप, सुखमय और स्वयंप्रकाश मानता है, तथा सबको अपने अनुभव से आत्मरूप से जानता है, वह धीर है इसी को सहीरूप में 'मैं' जानना चाहिए। और हे ऋभु ! तुम भी वही हो। इसी कारण से प्रपंच का अनुभव कभी है ही नहीं, पर स्वरूप ज्ञान का अनुभव तो सदैव है। इस प्रकार देखता हुआ मनुष्य परिपूर्ण ज्ञानी है, और इसलिए वह कभी बन्धन में नहीं पड़ता और बँधा हुआ भी नहीं रहता। स्वरूपानुसन्धान से नृत्य करते हुए जो मनुष्य मेरा एक क्षण भी (एक मुहूर्तकाल तक भी) चिन्तन करता है, वह सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है।

सङ्कल्पोऽध्यवसायश्च अभिमानोऽवधारणा ।
मुदिता करुणा मैत्री उपेक्षा च चतुष्टयम् ॥13॥
दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमृत्युकाः ।
तथा चन्द्रश्चतुर्वक्त्रो रुद्रः क्षेत्रज्ञ ईश्वरः ॥14॥
आहत्य तत्त्वजातानां षण्णवत्यस्तु कीर्तिताः ।
पूर्वोक्ततत्त्वजातानां वैलक्षण्यमनामयम् ॥15॥

प्रारब्ध, आगामी और संचित—ये तीन कर्म कहे जाते हैं। वचन, आदान, गमन, विसर्ग और आनंद—ये पाँच और, तथा संकल्प, अध्यवसाय, अभिमान और अवधारणा—ये और अधिक चार तत्त्व तथा मुदिता, करुणा, मैत्री, उपेक्षा—ये और चार, एवं दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनी कुमार, अग्नि, इन्द्र, उपेन्द्र, मृत्यु, चन्द्र, ब्रह्मा, रुद्र, क्षेत्रज्ञ और ईश्वर—ये सब मिलकर छियानबें तत्त्व होते हैं। परन्तु इन पूर्वोक्त तत्त्वों से विलक्षण और निर्दोष तत्त्व भी एक है।

वराहरूपिणं मां ये भजन्ति मयि भक्तितः ।
विमुक्ताज्ञानतत्कार्या जीवन्मुक्ता भवन्ति ते ॥16॥
ये षण्णवतितत्त्वज्ञा यत्र कुत्राश्रमे रताः ।
जटी मुण्डी शिखी वापि मुच्यते नात्र संशयः ॥17॥

इति प्रथमोऽध्यायः ।

ऐसे विलक्षण निर्दोष तत्त्वरूप वराहरूपी मुझे जो लोग भक्तिपूर्वक भजते हैं, वे लोग अज्ञान और उसके कार्य से मुक्त होकर जीवन्मुक्त हो जाते हैं। जो लोग इन छियानबे तत्त्वों को जानते हैं, वे लोग चाहे किसी भी आश्रम में रहते हों, चाहे जटाधारी हों, चाहे मुण्डित हों, चाहे शिखाधारी हो फिर भी वे मुक्त हो ही जाते हैं, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है।

यहाँ प्रथम अध्याय पूरा हुआ।

❋

द्वितीयोऽध्यायः

ऋभुर्नाम महायोगी क्रोडरूपं रमापतिम् ।
वरिष्ठां ब्रह्मविद्यां त्वमधीहि भगवन्मम ।
एवं स पृष्टो भगवान्प्राह भक्तार्तिभञ्जनः ॥1॥
स्ववर्णाश्रमधर्मेण तपसा गुरुतोषणात् ।
साधनं प्रभवेत्पुंसां वैराग्यादिचतुष्टयम् ॥2॥
नित्यानित्यविवेकश्च इहामुत्र विरागता ।
शमादिषट्कसम्पत्तिर्मुमुक्षा तां समभ्यसेत् ॥3॥
एवं जितेन्द्रियो भूत्वा सर्वत्र ममतामतिम् ।
विहाय साक्षिचैतन्ये मयि कुर्यादहंमतिम् ॥4॥

ऋभु नाम के महायोगी ने वराहरूपी लक्ष्मीपति भगवान् ने कहा—'हे भगवन्! आप मुझे श्रेष्ठ ब्रह्मविद्या पढ़ाइए।'' जब उन्होंने ऐसा कहा तब भक्तों की पीड़ाओं के भंजक भगवान् बोले—अपने

वर्णाश्रमधर्म के पालन से, तप से और गुरु को प्रसन्न करने से मनुष्य को वैराग्य आदि चार साधन प्राप्त होते हैं। जैसे—नित्य-अनित्य वस्तु विवेक, इहलोक तथा परलोक के प्रति वैराग्य, शमदमादि षट्क सम्पत्ति और मुमुक्षुता—इन चार साधनों का अभ्यास करना चाहिए। इस तरह अभ्यास करते-करते जितेन्द्रिय होकर सर्वत्र ममताबुद्धि को छोड़कर, साक्षीरूप चैतन्य के ऊपर ही (मेरे ऊपर ही) 'मैं'—ऐसी बुद्धि करनी चाहिए।

दुर्लभं प्राप्य मानुष्यं तत्रापि नरविग्रहम् ।
ब्राह्मण्यं च महाविष्णोर्वेदान्तश्रवणादिना ॥5॥
अतिवर्णाश्रमं रूपं सच्चिदानन्दलक्षणम् ।
यो न जानाति सोऽविद्वान्कदा मुक्तो भविष्यति ॥6॥
अहमेव सुखं नान्यदन्यच्चेन्नैव तत्सुखम् ।
अमदर्थं न हि प्रेयो मदर्थं न स्वतःप्रियम् ॥7॥
परप्रेमास्पदतया मा न भूवमहं सदा ।
भूयासमिति यो द्रष्टा सोऽहं विष्णुर्मुनीश्वर ॥8॥

मनुष्यत्व दुर्लभ है, और उसमें भी पुरुष का शरीर और ब्राह्मणत्व तो और भी दुर्लभ है। उसको प्राप्त करने के बाद वेदान्त का श्रवण आदि करना चाहिए। परन्तु बाद में वर्णाश्रम से परे जो सच्चिदानन्दस्वरूप विष्णु को मनुष्य नहीं जानता, वह मूर्ख भला कब मुक्त हो सकेगा? हे मुनीश्वर! मैं ही सुखरूप हूँ, दूसरा कोई नहीं है। और अगर कोई दूसरा है, तो वह सुख है ही नहीं। जो वस्तु मेरे लिए नहीं है, वह किसी को प्रिय नहीं हो सकती, और जो मेरे लिए है, वह किसी मनुष्य को अपने लिए प्रिय नहीं होती (मेरे—आत्मा के लिए ही प्रिय होती है)। इस प्रकार परमप्रेम का स्थान मैं कभी न था ऐसा नहीं है 'मैं सदाकाल ही परमप्रेमास्पद हूँ एवं रहूँगा भी'—ऐसा जो जानता है, वह स्वयं विष्णुरूप (मेरा ही स्वरूप) होता है।

न प्रकाशोऽहमित्युक्तिर्यत्प्रकाशैकबन्धना ।
स्वप्रकाशं तमात्मानमप्रकाशः कथं स्पृशेत् ॥9॥
स्वयं भातं निराधारं ये जानन्ति सुनिश्चितम् ।
ते हि विज्ञानसम्पन्ना इति मे निश्चिता मतिः ॥10॥
स्वपूर्णात्मातिरेकेण जगज्जीवेश्वरादयः ।
न सन्ति नास्ति माया च तेभ्यश्चाहं विलक्षणः ॥11॥
अज्ञानान्धतमोरूपं कर्मधर्मादिलक्षणम् ।
स्वयंप्रकाशमात्मानं नैव मां स्प्रष्टुमर्हति ॥12॥

'मैं प्रकाशरूप नहीं हूँ'—ऐसा (नकारात्मक) कथन भी प्रकाश के ही एक कारण से किया जा सकता है (प्रकाश के अभाव में ऐसा कथन भी कैसे किया जा सकता है?) तो उस स्वयंप्रकाश आत्मा को प्रकाशहीन किस प्रकार मनुष्य के द्वारा अनुभूत किया जा सकता है? जो लोग स्वयंप्रकाशित, निराधार और अतिनिश्चित ऐसे आत्मास्वरूप को जानते हैं, वे ही विज्ञानसम्पन्न हैं, ऐसा मेरा निश्चित मत है। अपने पूर्ण आत्मा के अतिरिक्त जगत्, जीव और ईश्वर आदि नहीं हैं, और माया भी नहीं है, और 'मैं उनसे विलक्षण हूँ'—ऐसा समझना ही ज्ञान है। कर्म-धर्मादि लक्षणयुक्त और अज्ञानरूप अंधकारमय तमस् का रूप स्वयंप्रकाश आत्मा को (मुझको) स्पर्श करने के लिए योग्य नहीं है।

सर्वसाक्षिणमात्मानं वर्णाश्रमविवर्जितम् ।
ब्रह्मरूपतया पश्यन्ब्रह्मैव भवति स्वयम् ॥13॥
भासमानमिदं सर्वं मानरूपं परं पदम् ।
पश्यन्वेदान्तमानेन सद्य एव विमुच्यते ॥14॥
देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम् ।
आत्मन्येव भवेद्यस्य स नेच्छन्नपि मुच्यते ॥15॥
सत्यज्ञानानन्दपूर्णलक्षणं तमसःपरम् ।
ब्रह्मानन्दं सदा पश्यन्कथं बध्येत् कर्मणा ॥16॥

सबके साक्षीरूप आत्मा को वर्णाश्रम से परे ब्रह्मस्वरूप में ही देखने वाला मनुष्य स्वयं ब्रह्म ही हो जाता है। 'यह सब जो कुछ दिखाई दे रहा है, वह प्रमाणरूप (पारमार्थिक रूप) से परमपद ही है'—ऐसा वेदान्त के प्रमाण से देखने वाला मनुष्य तुरन्त ही मुक्त हो जाता है। 'देहात्मज्ञान' के बदले 'देहात्माभाव का ज्ञान' (देहात्मभाव का बाधक ज्ञान) जिस पुरुष को हो जाता है, वह पुरुष न चाहते हुए भी मुक्त हो जाता है। जो मनुष्य सत्य, ज्ञान और आनन्दरूप पूर्ण लक्षणयुक्त और अज्ञानान्धकार से सदैव परे रहने वाले ब्रह्मानन्द को सदा देखता है, वह कर्मों से कैसे बँधेगा ?

त्रिधामसाक्षिणं सत्यज्ञानानन्दादिलक्षणम् ।
त्वमहंशब्दलक्ष्यार्थमसक्तं सर्वदोषतः ॥17॥
सर्वगं सच्चिदात्मानं ज्ञानचक्षुर्निरीक्षते ।
अज्ञानचक्षुर्नेक्षेत भास्वन्तं भानुमन्धवत् ॥18॥
प्रज्ञानमेव तद्ब्रह्म सत्यप्रज्ञानलक्षणम् ।
एवं ब्रह्मपरिज्ञानादेव मर्त्योऽमृतो भवेत् ॥19॥
तद्ब्रह्मानन्दमद्वन्द्वं निर्गुणं सत्यचिद्घनम् ।
विदित्वा स्वात्मनो रूपं न बिभेति कुतश्चन ॥20॥

तीन धामों (अवस्थाओं) का साक्षी, सत्य-ज्ञान-अनन्त आदि लक्षणवाला 'तू', 'मैं'—आदि शब्दों का लक्ष्यार्थरूप, सर्वदोषों से रहित, सर्वव्यापक और सच्चिदानन्दरूप आत्मा है। उसे ज्ञान दृष्टिवाला देख सकता है, पर अज्ञान दृष्टि वाला मनुष्य तो जैसे अन्धा प्रकाशित सूर्य को नहीं देख सकता, वैसे ही आत्मा को नहीं देख सकता। वह ब्रह्म उत्कृष्ट ज्ञानरूप ही है, एवं सत्य–श्रेष्ठ ज्ञान उसका लक्षण है। ऐसे ब्रह्म के ज्ञान से मनुष्य अमर हो जाता है। वह ब्रह्म आनन्दरूप, अद्वैत, निर्गुण, सत्य और चैतन्यमय आत्मा का स्वरूप है। उसे जान लेने के बाद मनुष्य किसी से भी नहीं डरता है।

चिन्मात्रं सर्वगं नित्यं सम्पूर्णं सुखमद्वयम् ।
साक्षाद्ब्रह्मैव नान्योऽस्तीत्येवं ब्रह्मविदां स्थितिः ॥21॥
अज्ञस्य दुःखौघमयं ज्ञस्यानन्दमयं जगत् ।
अन्धं भुवनमन्धस्य प्रकाशं तु सुचक्षुषाम् ॥22॥
अनन्ते सच्चिदानन्दे मयि वाराहरूपिणि ।
स्थितेऽद्वितीयभावः स्यात्को बन्धः कश्च मुच्यते ॥23॥
स्वस्वरूपं तु चिन्मात्रं सर्वदा सर्वदेहिनाम् ।
नैव देहादिसंघातो घटवद्दृशिगोचरः ॥24॥

केवल चैतन्यरूप, सर्वव्यापक, नित्य, संपूर्ण, सुखमय, अद्वैत साक्षात् ब्रह्म ही है और दूसरा कोई पदार्थ है ही नहीं, ऐसी ब्रह्मवेत्ताओं की स्थिति है। जैसे अन्धे के लिए जगत् अन्धकारमय ही है, और अच्छी आँखों वालों के लिए प्रकाशमय होता है, वैसे ही अज्ञानी के लिए जगत् दुःखों के समूह रूप है, परन्तु ज्ञानी के लिए आनन्दमय है। अनन्त और सच्चिदानन्दमय मैं (वराहरूपी भगवान्) ही सर्वत्र अवस्थित हूँ—ऐसी अद्वितीय भावना जब होती है, तब तो क्या बन्धन है और कौन मुक्त होता है ? (कोई नहीं।) सभी प्राणियों का जो चैतन्य है, वही सही आत्मस्वरूप है, परन्तु घड़े की तरह दृष्टिगोचर होता हुआ यह देहादि समुदाय तो आत्मस्वरूप है ही नहीं।

स्वात्मनोऽन्यदिवाभातं चराचरमिदं जगत् ।
स्वात्ममात्रतया बुद्ध्वा तदस्मीति विभावय ॥25॥
स्वस्वरूपं स्वयं भुङ्क्ते नास्ति भोज्यं पृथक् स्वतः ।
अस्ति चेदस्तितारूपं ब्रह्मैवास्तित्वलक्षणम् ॥26॥
ब्रह्मविज्ञानसम्पन्नः प्रतीतमखिलं जगत् ।
पश्यन्नपि सदा नैव पश्यति स्वात्मनः पृथक् ॥27॥
मत्स्वरूपपरिज्ञानात्कर्मभिर्न स बध्यते ॥28॥

आत्मा से अलग-सा ही दिखाई देने वाला यह सचराचर (जडचेतनमय जगत्) पारमार्थिक रूप से तो केवल अपनी आत्मा ही है, ऐसा जानकर तुम्हें 'मैं ही जगत् रूप हूँ' ऐसा मानना चाहिए। आत्मा अपने स्वरूप को ही भोगता है (अपने स्वरूप को ही खाता है), अपने से अलग कोई भोग्य पदार्थ ही नहीं है। फिर भी अगर कोई 'है' तो वह अस्तित्व के रूप में ब्रह्म ही है। अस्तित्व (सत्ता) ही ब्रह्म का लक्षण है। ब्रह्मानुभव से युक्त हुआ मनुष्य दिखाई देने वाले इस सारे जगत् को देखता हुआ भी उसे अपने आत्मा से अलग तो देखता ही नहीं है। ऐसे मेरे स्वरूप का ज्ञान होने से मनुष्य कर्मों से बँधता नहीं है।

यः शरीरेन्द्रियादिभ्यो विहीनं सर्वसाक्षिणम् ।
परमार्थैकविज्ञानं सुखात्मानं स्वयंप्रभम् ॥29॥
स्वस्वरूपतया सर्वं वेद स्वानुभवेन यः ।
स धीरः स तु विज्ञेयः सोऽहं तत्त्वं ऋभो भव ॥30॥
अतः प्रपञ्चानुभव. सदा न हि स्वरूपबोधानुभवः सदा खलु ।
इति प्रपश्यन्परिपूर्णवेदनो न बन्धमुक्तो न च बद्ध एव तु ॥31॥
स्वस्वरूपानुसन्धानान्नृत्यन्तं सर्वसाक्षिणम् ।
मुहूर्तं चिन्तयेन्मां यः सर्वबन्धैः प्रमुच्यते ॥32॥

जो मनुष्य अपने आत्मा को शरीर-इन्द्रियादि से अलग, सर्वसाक्षी, पारमार्थिक, एकमात्र, विज्ञानस्वरूप, सुखमय और स्वयंप्रकाश मानता है, तथा सबको अपने अनुभव से आत्मरूप से जानता है, वह धीर है इसी को सहीरूप में 'मैं' जानना चाहिए। और हे ऋभु ! तुम भी वही हो। इसी कारण से प्रपंच का अनुभव कभी है ही नहीं, पर स्वरूप ज्ञान का अनुभव तो सदैव है। इस प्रकार देखता हुआ मनुष्य परिपूर्ण ज्ञानी है, और इसलिए वह कभी बन्धन में नहीं पड़ता और बँधा हुआ भी नहीं रहता। स्वरूपानुसन्धान से नृत्य करते हुए जो मनुष्य मेरा एक क्षण भी (एक मुहूर्तकाल तक भी) चिन्तन करता है, वह सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है।

सर्वभूतान्तरस्थाय नित्यमुक्तचिदात्मने ।
प्रत्यक्चैतन्यरूपाय मह्यमेव नमो नमः ॥33॥
त्वं वाहमस्मि भगवो देवतेऽहं वै त्वमसि ।
तुभ्यं मह्यमनन्ताय मह्यं तुभ्यं चिदात्मने ॥34॥
नमो मह्यं परेशाय नमस्तुभ्यं शिवाय च ।
किं करोमि क्व गच्छामि किं गृह्णामि त्यजामि किम् ॥35॥
यन्मया पूरितं विश्वं महाकल्पाम्बुना यथा ।
अन्तःसङ्गं बहिःसङ्गमात्मसङ्गं च यस्त्यजेत् ।
सर्वसङ्गनिवृत्तात्मा स मामेति न संशयः ॥36॥

सभी भूतों के अन्तस् में स्थित, नित्य मुक्त, चिदात्मा और प्रत्यक् चैतन्यरूप ऐसे मुझे ही मैं बार-बार नमस्कार करता हूँ। हे भगवन् ! हे देवता ! तुम ही मैं हूँ और मैं ही तुम हो। अनन्त ऐसे मुझे और तुझे तथा चिदात्मक ऐसे मुझे और तुझे नमस्कार हो। परमात्मा ऐसे मुझे और शिवस्वरूप ऐसे तुझे नमस्कार हो। मैं कहाँ जाऊँ ? क्या लूँ और क्या छोड़ूँ ? क्योंकि महाकल्प (प्रलयकाल) में जैसे विश्व जल से भर जाता है, वैसे ही मुझसे यह सब कुछ भरा हुआ है। सब कुछ मैं ही हूँ। इस तरह जो भीतर का संग, बाहर का संग और आत्मा के संग को भी जो छोड़ देता है, वह सभी संगों से विनिर्मुक्त आत्मा वाला मनुष्य मुझे प्राप्त कर लेता है, इसमें कोई भी सन्देह नहीं है।

अहिरिव जनयोगं सर्वदा वर्जयेद्यः
कुणपमिव सुनारीं त्यक्तुकामो विरागी ।
विषमिव विषयादीन्मन्यमानो दुरन्ता-
ञ्जगति परमहंसो वासुदेवोऽहमेव ॥37॥

जो वैरागी मनुष्यों के सम्बन्ध को साँप की तरह छोड़ देता है, जो सुन्दर स्त्री को एक शवदेह की तरह छोड़ने के लिए तत्पर रहता है, और अन्तविहीन विषयों को विष जैसा मानता है, वह इस जगत् में परमहंस है और मैं वासुदेव भी वही हूँ।

इदं सत्यमिदं सत्यं सत्यमेतदिहोच्यते ।
अहं सत्यं परं ब्रह्म मत्तः किञ्चिन्न विद्यते ॥38॥
उप समीपे यो वासो जीवात्मपरमात्मनोः ।
उपवासः स विज्ञेयो न तु कायस्य शोषणम् ॥39॥
कायशोषणमात्रेण का तत्र ह्याविवेकिनाम् ।
वल्मीकताडनादेव मृतः किं नु महोरगः ॥40॥
अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद परोक्षज्ञानमेव तत् ।
अहं ब्रह्मेति चेद्वेद साक्षात्कारः स उच्यते ॥41॥

"यह सत्य है, यही सत्य है, और मैं भी सत्य हूँ, मैं परब्रह्म हूँ, मुझसे अलग कुछ है ही नहीं"—ऐसा कहना चाहिए। जीवात्मा और परमात्मा के उप (अर्थात् समीप) में ऐक्य भाव से 'वास' करने को ही 'उपवास' कहा जाता है। बिना खाये शरीर के शोषण को उपवास नहीं कहा जाता। क्योंकि अनशन कर शरीर को सुखाने से अविवेकियों को क्या फल मिलता है ? (कुछ नहीं) वल्मीक के ऊपर दण्डप्रहार से उसके भीतर रहा हुआ बड़ा साँप क्या मर जाता है भला ? (नहीं ही) 'ब्रह्म है'—

ऐसा जो जानता है, वह परोक्षज्ञान ही है। और 'मैं ही ब्रह्म हूँ'—ऐसा ज्ञान जो रखता है उसे साक्षात्कार कहा जाता है।

यस्मिन्काले स्वमात्मानं योगी जानाति केवलम् ।
तस्मात्कालात्समारभ्य जीवनन्मुक्तो भवेदसौ ॥42॥
अहं ब्रह्मेति नियतं मोक्षहेतुर्महात्मनाम् ।
द्वे पदे बन्धमोक्षाय निर्ममेति ममेति च ॥43॥
ममेति बध्यते जन्तुर्निर्ममेति विमुच्यते ।
बाह्यचिन्ता न कर्तव्या तथैवान्तरचिन्तिका ।
सर्वचिन्तां समुत्सृज्य स्वस्थो भव सदा ऋभो ॥44॥

जिस काल में योगी अपने को केवल एक स्वरूप में जान लेता है, उसी क्षण वह जीवन्मुक्त हो जाता है। 'मै ब्रह्म हूँ'—ऐसा जब निश्चित ही हो गया तो वही निश्चय महात्माओं के मोक्ष का कारण बनता है। बन्धन और मोक्ष के लिए दो ही पद हैं—एक 'निर्मम' अर्थात् 'मेरा कुछ भी नहीं' वह मोक्ष के लिए है और दूसरा है—'मम' अर्थात् मेरा, यह बन्धन के लिए है। 'मम'—ऐसा मानते हुए प्राणी बन्धन में पड़ता है और 'निर्मम'—ऐसा मानकर प्राणी मुक्त होता है। हे ऋभु ! बाहर और भीतर की चिन्ता नहीं करनी चाहिए। सभी चिन्ताओं का त्याग करके तुम स्वस्थ रहो।

सङ्कल्पमात्रकलनेन जगत्समग्रं
सङ्कल्पमात्रकलने हि जगद्विलासः ।
सङ्कल्पमात्रमिदमुत्सृज निर्विकल्प-
माश्रित्य मामकपदं हृदि भावयस्व ॥45॥

केवल संकल्पों से ही यह समग्र जगत् है, और केवल संकल्पों के करने से ही इस सारे जगत् का विलास है। इसलिए इस निर्विकल्प पद का आश्रय करके तुम संकल्पों को छोड़ दो और हृदय में मेरे पद की भावना करो।

मच्चिन्तनं मत्कथनमन्योऽन्यं मत्प्रभाषणम् ।
मदेकपरमो भूत्वा कालं नय महामते ॥46॥
चिदिहास्तीति चिन्मात्रमिदं चिन्मयमेव च ।
चित्त्वं चिदहमेते च लोकाश्चिदिति भावय ॥47॥
रागं नीरागतां नीत्वा निर्लेपो भव सर्वदा ।
अज्ञानजन्यकर्त्रादिकारकोत्पन्नकर्मणा ॥48॥
श्रुत्युत्पन्नात्मविज्ञानप्रदीपो बाध्यते कथम् ।
अनात्मतां परित्यज्य निर्विकारो जगत्स्थितौ ॥49॥

हे महाबुद्धिमान ! मेरा चिन्तन, मेरी कथा, परस्पर मेरे ही विषय में संभाषण और मुझ में ही परायण होकर तुम समय व्यतीत कर लो। इस जगत् में चैतन्य ही है, मात्र चैतन्य ही चैतन्य है। जैसे मैं चैतन्य हूँ, वैसे तुम भी चैतन्य ही हो, ये सभी लोग भी चैतन्य ही हैं—ऐसी भावना करो। राग को नीराग (रागाभाव) करके सर्वकाल में तुम निर्लेप ही हो जाओ। कर्ता आदि कारक तो अज्ञान से ही उत्पन्न होते हैं। तो ऐसे (अज्ञानजनित) कर्मों से श्रुतियों से उत्पन्न हुआ आत्मज्ञानरूपी दीपक कैसे बुझ सकेगा ? इसलिए अनात्मभाव को छोड़कर जगत् की स्थिति में तुम निर्विकार हो जाओ।

एकनिष्ठतयान्तस्थसंविन्मात्रपरो भव ।
घटाकाशमठाकाशौ महाकाशे प्रतिष्ठितौ ॥50॥
एवं मयि चिदाकाशे जीवेशौ परिकल्पितौ ।
या च प्रागात्मनो माया तथान्ते च तिरस्कृता ॥51॥
ब्रह्मवादिभिरुद्गीता सा मायेति विवेकतः ।
मायातत्कार्यविलये नेश्वरत्वं न जीवता ॥52॥
ततः शुद्धश्चिदेवाहं व्योमवन्निरुपाधिकः ।
जीवेश्वरादिरूपेण चेतनाचेतनात्मकम् ॥53॥

और तुम एकनिष्ठता से केवल भीतर के अनुभूतिज्ञान में ही तत्पर हो जाओ। जैसे घड़े का आकाश और घर का आकाश महाकाश में ही अवस्थित रहे हैं, वैसे ही जीव और ईश्वर चैतन्य चिदाकाश ऐसे मुझमें ही तो कल्पित हुए हैं। पहले (अज्ञानावस्था में) माया का जो सम्बन्ध आत्मा को दिखाई देता है, वह अन्त में (ज्ञान होने के बाद तो) तिरस्कृत (निराकृत) हो जाता है। इसी कारण से ब्रह्मज्ञानी लोग विवेकदृष्टि से उसे माया कहते हैं, क्योंकि माया और उसके कार्य के नाश होने पर तो न तो ईश्वरत्व है, न ही जीवत्व है। इसके बाद तो शुद्ध और उपाधिरहित मैं चैतन्य ही अवशिष्ट रहता हूँ। जीव और ईश्वर आदि के रूप में चैतन्य मैं ही हूँ, और अचेतन भी तो मैं ही हूँ।

ईक्षणादिप्रवेशान्ता सृष्टिरीशेन कल्पिता ।
जाग्रदादिविमोक्षान्तः संसारो जीवकल्पितः ॥54॥
त्रिणाचिकादियोगान्ता ईश्वरभ्रान्तिमाश्रिताः ।
लोकायतादिसांख्यान्ता जीवविश्रान्तिमाश्रिताः ॥55॥
तस्मान्मुमुक्षुभिर्नैव मतिर्जीवेशवादयोः ।
कार्या किन्तु ब्रह्मतत्त्वं निश्चलेन विचार्यताम् ॥56॥
अद्वितीयब्रह्मतत्त्वं न जानन्ति यथा तथा ।
भ्रान्ता एवाखिलास्तेषां क्व मुक्तिः क्वेह वा सुखम् ॥57॥

ईक्षण से ('तदैक्षत') से लेकर प्रवेशपर्यन्त ('तत्सृष्ट्वा तदेवाविशत्') तक की सृष्टि तो ईश्वर की बनाई हुई है, और जाग्रत् अवस्था से लेकर मोक्षपर्यन्त का संसार जीव का बनाया हुआ है। त्रिणाचिक से लेकर योग तक के दर्शन ईश्वर की भ्रान्ति को प्राप्त हुए हैं। और लोकायत से लेकर सांख्य तक के दर्शन जीवतत्त्व तक पहुँचे हुए हैं। इसलिए मुमुक्षुओं को जीववाद में या ईश्वरवाद में बुद्धि करनी ही नहीं चाहिए, किन्तु निश्चल होकर ब्रह्मतत्त्व का ही चिन्तन करना चाहिए। जो लोग अद्वितीय ब्रह्मतत्त्व को जानते नहीं हैं, वे तो जिस किसी तरह किसी भ्रान्ति को ही प्राप्त हुए हैं। उनकी मुक्ति कहाँ है ? और उन्हें इस लोक में सुख भी कहाँ है ?

उत्तमाधमभावश्चेत्तेषां स्यादस्ति तेन किम् ।
स्वप्नराज्यभिक्षाभ्यां प्रबुद्धः स्पृशते खलु ॥58॥
अज्ञानं बुद्धिविलये निद्रा सा भण्यते बुधैः ।
विलीनाज्ञानतत्कार्ये मयि निद्रा कथं भवेत् ॥59॥
बुद्धेः पूर्णविकासोऽयं जागरः परिकीर्त्यते ।
विकारादिविहीनत्वाज्जागरो मे न विद्यते ॥60॥

सूक्ष्मनाडिषु सञ्चारो बुद्धेः स्वप्नः प्रजायते ।
सञ्चारधर्मरहिते मयि स्वप्नो न विद्यते ॥61॥

उन लोगों का चाहे उत्तम भाव हो, या अधम भाव हो, पर इससे क्या है ? स्वप्न में राज्य मिले या भिक्षा मिले, पर जागा हुआ मनुष्य क्या उसका अनुभव कर सकता है ? (नहीं कर सकता।) जब बुद्धि का अज्ञान में लय होता है, तब विद्वान् लोग उसे निद्रा कहते हैं, परन्तु मुझमें तो अज्ञान और उसका कार्य—दोनों ही नष्ट हो चुके हैं, तो भला फिर मुझे निद्रा कहाँ से होगी ? बुद्धि के पूर्ण विकास होने को जाग्रदवस्था कहते हैं, पर मैं तो बुद्धि आदि विकारों से रहित ही हूँ, तो फिर मेरी कोई जाग्रत् अवस्था भी तो नहीं है। जब बुद्धि का सूक्ष्म नाड़ियों में संचार होता है, तब स्वप्नावस्था होती है, परन्तु मैं तो उस संचार धर्म से भी रहित ही हूँ, इसलिए मुझमें तो स्वप्नावस्था भी नहीं हैं।

सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमसावृते ।
स्वरूपं महदानन्दं भुङ्क्ते विश्वविवर्जितः ॥62॥
अविशेषेण सर्वं तु यः पश्यति चिदन्वयात् ।
स एव साक्षाद्विज्ञानी स शिवः स हरिर्विधिः ॥63॥
दीर्घस्वप्नमिदं यत्तद्दीर्घं वा चित्तविभ्रमम् ।
दीर्घं वापि मनोराज्यं संसारं दुःखसागरम् ।
सुप्तेरुत्थाय सुप्त्यन्तं ब्रह्मैकं प्रविचिन्त्यताम् ॥64॥

सुषुप्ति के समय में सब कुछ अज्ञान से ढँक जाता है और इसीलिए सबका विलय हो जाता है। बाद में जगत् से रहित हुआ आत्मा बड़े ही आनन्दमय आत्मस्वरूप का अनुभव करता है। परन्तु उस अज्ञानावरण के विशेष के बिना ही जो मनुष्य केवल चैतन्य के अनुसरण से ही सब कुछ आत्ममय ही देखता है, वही साक्षात् विज्ञानी, वही शिव, वही विष्णु और वही ब्रह्म है। यह संसार एक लम्बा-सा सपना है, अथवा तो चित्त की लम्बी भ्रान्ति ही है, अथवा मन का लम्बा राज्य है, और वह दुःख का सागर ही है। इसलिए सोकर उठने के बाद फिर सोने के समय तक केवल ब्रह्म का ही चिन्तन करते रहना चाहिए।

आरोपितस्य जगतः प्रविलापनेन
चित्तं मदात्मकतया परिकल्पितं नः ।
शत्रून्निहत्य गुरुषट्कगणान्निपातात्
गन्धद्विपो भवति केवलमद्वितीयः ॥65॥
अद्यास्तमेतु वपुराशशितारमास्तां
कस्तावताऽपि मम चिद्वपुषो विशेषः ।
कुम्भे विनश्यति चिरं समवस्थिते वा
कुम्भाम्बरस्य नहि कोऽपि विशेषलेशः ॥66॥

आरोपित जगत् का अत्यन्त लय कर देने से हमारा कल्पित चित्त केवल मेरा स्वरूप ही बनकर रह जाता है। इस प्रकार हमारे काम आदि शत्रुओं का (सभी का) विलय करके केवल आत्मरूप गन्धहस्ती अद्वितीय रह जाता है। अर्थात् केवल एक ही आत्मा अनुभव में आता है। यह शरीर चाहे आज ही अस्त हो जाए, या चाहे जहाँ तक चन्द्र-तारे रहें, वहाँ तक टिका रहे, पर इससे मेरे चैतन्य रूप शरीर में क्या विशेषता होगी ? (कुछ भी नहीं।) घड़े का चाहे तुरन्त नाश हो, या लम्बे काल तक

वह टिका रहे, तो भी उसे घड़े के भीतर रहने वाले आकाश में किसी भी प्रकार की लेशमात्र भी विशेषता नहीं आती है।

अहिनिर्ल्वयनी सर्पनिर्मोको जीववर्जितः।
वल्मीके पतितस्तिष्ठेत्तं सर्पो नाभिमन्यते ॥67॥
एवं स्थूलं च सूक्ष्मं च शरीरं नाभिमन्यते।
प्रत्यग्ज्ञानशिखिध्वस्ते मिथ्याज्ञाने सहेतुके।
नेति नेतीति रूपत्वादशरीरो भवत्ययम् ॥68॥

साँप के द्वारा उतार दी गई निर्जीव त्वचा (साँप की खाल), बिल (बाँबी) पर ही पड़ी रहती है। उसे साँप फिर अपनी नहीं मानता, उसी तरह ज्ञानी मनुष्य स्थूल शरीर को या सूक्ष्म शरीर को अपना नहीं मानता, क्योंकि प्रत्यगात्मा के ज्ञानरूप अग्नि से उसका मिथ्या-ज्ञान नष्ट हो चुका होता है, और 'नेति नेति'—'यह नहीं, यह नहीं'—ऐसे अनुभव से वह शरीर रहित ही हो जाता है।

शास्त्रेण न स्यात्परमार्थदृष्टिः कार्यक्षमं पश्यति चापरोक्षम्।
प्रारब्धनाशात्प्रतिभाननाश एवं त्रिधा नश्यति चात्ममाया ॥69॥

पहले तो शास्त्रों के द्वारा परमार्थदृष्टि नहीं होती। बाद में अपरोक्ष ज्ञान को ही परमार्थ दृष्टि के लिए कार्यक्षम (समर्थ) माना जाता है, और बाद में (तीसरे सोपान में) प्रारब्ध कर्मों के नाश होने से मिथ्याज्ञान का नाश होता है और इस प्रकार तीन प्रकार से आत्मा की माया का नाश होता है।

ब्रह्मत्वे योजिते स्वामिञ्जीवभावो न गच्छति।
अद्वैते बोधिते तत्त्वे वासना विनिवर्तते ॥70॥
प्रारब्धान्ते देहहानिर्मायेति क्षीयतेऽखिला।
अस्तीत्युक्ते जगत्सर्वं सद्रसं ब्रह्म तद्भवेत् ॥71॥
भातीत्युक्ते जगत्सर्वं भानं ब्रह्मैव केवलम्।
मरुभूमौ जलं सर्वं मरुभूमात्रमेव तत्।
जगत्त्रयमिदं सर्वं चिन्मात्रं स्वविचारतः ॥72॥
अज्ञानमेव न कुतो जगतः प्रसङ्गो
जीवेशदेशिकविकल्पकथातिदूरे।
एकान्तकेवलचिदेकरसस्वभावे
ब्रह्मैव केवलमहं परिपूर्णमस्मि ॥73॥

हे स्वामी, जब 'स्व' (अपने) में ब्रह्मभाव जुड़ जाता है, तब जीवभाव प्राप्त ही नहीं होता, और जब अद्वैततत्त्व समझ में आता है, तब वासनाएँ दूर हो जाती हैं। प्रारब्ध का अन्त होने पर देह का त्याग होता है और इस तरह पूरी माया ही नष्ट हो जाती है। 'यह सारा जगत् ब्रह्म है'—ऐसा कहने में 'यह सारा जगत् सद् ब्रह्ममय ही है'—ऐसा ही अर्थ निकलता है। 'ब्रह्म प्रकाशित होता है'—ऐसा कहने में 'यह सारा जगत् केवल प्रकाशित होने के रूप में (उस अर्थ में) केवल ब्रह्म ही बन जाता है' ऐसा अर्थ निकलता है। मरुस्थल में जो जल दिखाई देता है, वह सब मरुभूमिरूप ही है, उसी प्रकार आत्मा का विचार करने से ये तीनों प्रकार के जगत् केवल चैतन्यरूप ही मालूम पड़ रहे हैं (जगद् रूप नहीं)। इस जगत् का अनुभव भला अज्ञान ही क्यों नहीं है ? और जब ऐसा ही है तब तो जीव ईश्वर और गुरु की कल्पना की तो बात ही क्या है ? (वे तो हैं ही नहीं) जब केवल एकमात्र एकरस चित् ही सब कुछ है तब मैं वही परिपूर्ण ब्रह्म हूँ।

बोधचन्द्रमसि पूर्णविग्रहे मोहराहुमुषितात्मतेजसि।
स्नानदानयजनादिकाः क्रिया मोचनावधि वृथैव तिष्ठते ॥74॥
सलिले सैन्धवं यद्वत्साम्यं भवति योगतः।
तथात्ममनसोरैक्यं समाधिरिति कथ्यते ॥75॥
दुर्लभो विषयत्यागो दुर्लभं तत्त्वदर्शनम्।
दुर्लभा सहजावस्था सद्गुरोः करुणां विना ॥76॥
उत्पन्नशक्तिबोधस्य त्यक्तनिःशेषकर्मणः।
योगिनः सहजावस्था स्वयमेव प्रकाशते ॥77॥

जिस ज्ञानरूपी चन्द्रमा का प्रकाश मोहरूपी राहु ने हर लिया है, वह ज्ञानचन्द्र पूर्ण शरीर वाला होने पर भी जबतक उस मोह राहु से उसका छुटकारा हो, तब तक तो स्नान, दान, यज्ञ आदि क्रियाएँ व्यर्थ ही हैं। जैसे पानी में नमक डालने से पानी के साथ उसकी समानता हो जाती है, उसी प्रकार आत्मा और मन की जो एकता हो जाती है, उसे 'समाधि' कहा जाता है। सद्गुरु की दया के बिना विषयों का त्याग करना मुश्किल है, एवं तत्त्वदर्शन भी दुर्लभ है, तथा सहज अवस्था भी दुर्लभ ही है। जिसमें आत्मशक्ति का ज्ञान हो चुका हो, और जिसने सभी कर्मों का त्याग किया हो, ऐसे योगी को सहजावस्था आप ही आप प्राप्त हो जाती है। (प्रकाशित हो जाती है।)

रसस्य मनसश्चैव चञ्चलत्वं स्वभावतः।
रसो बद्धो मनो बद्धं किं न सिद्ध्यति भूतले ॥78॥
मूर्च्छितो हरति व्याधिं मृतो जीवयति स्वयम्।
बद्धः खेचरतां धत्ते ब्रह्मत्वं रसचेतसि ॥79॥
इन्द्रियाणां मनो नाथो मनोनाथस्तु मारुतः।
मारुतस्य लयो नाथस्तन्नाथं लयमाश्रय ॥80॥
निश्चेष्टो निर्विकारश्च लयो जीवति योगिनाम्।
उच्छिन्नसर्वसंकल्पो निःशेषाशेषचेष्टितः।
स्वावगम्यो लयः कोऽपि यो मनोवागगोचरः ॥81॥

रस (पारद) और मन दोनों की चंचलता स्वाभाविक है। जिसने पारद को बाँध लिया और मन को भी बाँध लिया हो उसके लिए इस धरती पर क्या सिद्ध नहीं हो सकता ? पारद और मन—दोनों मूर्च्छित होने पर रोगों को दूर करते हैं, वे दोनों मर जाते हैं, तो अन्य को जिलाते हैं, और अगर बँध जाते हैं तो खेचरता को प्राप्त करवाते हैं। (बँधा हुआ पारद आकाश में उड़ने की शक्ति देता है और बँधा हुआ मन खेचरी विद्या को प्राप्त करवाता है।) इस प्रकार पारद में और मन में ब्रह्मत्व है। मन इन्द्रियों का स्वामी है, प्राणवायु मन का नाथ (स्वामी) है, एवं प्राणों की आत्मा में लीनता होना प्राणों का नाथ (स्वामी) होना है। इसलिए तुम प्राण के नाथरूप उस लय का ही आश्रय करो। चेष्टारहित और निर्विकार होते हुए भी योगियों का वह लय जीवित ही रहता है। उसमें से सभी संकल्प उच्छिन्न हो गए होते हैं। समस्त चेष्टाएँ समाप्त हो गई होती हैं और वह मन एवं वाणी से अगोचर होता है। ऐसा लय केवल अनुभवगम्य ही होता है।

पुङ्खानुपुङ्खविषयेक्षणतत्परोऽपि
ब्रह्मावलोकनधियं न जहाति योगी।
सङ्गीततालललयवाद्यवशं गतापि
मौलिस्थकुम्भपरिरक्षणधीर्नटीव ॥82॥

सर्वचिन्तां परित्यज्य सावधानेन चेतसा ।
नाद एवानुसन्धेयो योगसाम्राज्यमिच्छता ॥83॥

इति द्वितीयोऽध्यायः ।

जैसे नाच करती हुई नर्तकी, संगीत-ताल-लय-वाद्ययन्त्रादि की वशवर्ती होकर उन सबमें ध्यान रखती हुई भी अपने सर पर रखे गए घड़े का रक्षण करने में पूरा ध्यान रखती है, उसी तरह यह योगी भी एक के बाद दूसरे अविरत प्राप्त होते रहते विषयों को देखने में तत्पर होते हुए भी ब्रह्मदर्शन की बुद्धि का कभी त्याग नहीं करता। अपने साम्राज्य को चाहने वाले गुरुष को सभी चिन्ताओं का त्याग करके सावधान चित्त से नाद का ही अनुसन्धान करना चाहिए।

यहाँ पर दूसरा अध्याय पूरा होता है।

❋

तृतीयोऽध्यायः

न हि नानास्वरूपं स्यादेकं वस्तु कदाचन ।
तस्मादखण्ड एवास्मि यन्मदन्यन्न किञ्चन ॥1॥
दृश्यते श्रूयते यद्यद्ब्रह्मणोऽन्यन्न तद्भवेत् ।
नित्यशुद्धविमुक्तैकमखण्डानन्दमद्वयम् ।
सत्यं ज्ञानमनन्तं यत्परं ब्रह्माहमेव तत् ॥2॥
आनन्दरूपोऽहमखण्डबोधः परात्परोऽहं घनचित्प्रकाशः ।
मेघा यथा व्योम न च स्पृशन्ति संसारदुःखानि न मां स्पृशन्ति ॥3॥
सर्वं सुखं विद्धि सुदुःखनाशात्सर्वं च सद्रूपमसत्य नाशात् ।
चिद्रूपमेव प्रतिभानयुक्तं तस्मादखण्डं मम रूपमेतत् ॥4॥

जो वस्तु एक ही हो, वह अनेकस्वरूप वाली हो ही नहीं सकती। इसलिए मैं अखण्ड ही हूँ, क्योंकि मुझसे अन्य कुछ है ही नहीं। जो-जो भी कुछ दिखाई पड़ता है, या सुनाई पड़ता है, वह सब ब्रह्म से अलग हो ही नहीं सकता, क्योंकि ब्रह्म नित्य, शुद्ध, विमुक्त, एक, अखण्ड, आनन्दरूप, अद्वैत, सत्य, ज्ञानमय और अनन्त है। ऐसा जो परब्रह्म है, वही मैं हूँ। मैं आनन्दरूप और अखण्ड ज्ञानमय हूँ। मैं परात्पर हूँ, मैं गाढ चैतन्यरूप प्रकाशवाला हूँ। जिस तरह बादल आकाश का स्पर्श नहीं करते, उसी तरह संसार के दुःख मेरा स्पर्श नहीं करते। दुःखों का अत्यन्त नाश हो जाने से तुम सबको सुखरूप जानो। असत्य का नाश हो जाने से तुम सभी को सत्य ही मानो। जो-जो प्रतिभान से युक्त (सामने से दिखाई देने वाला) हो, वह सब चैतन्य का ही स्वरूप है, इसलिए मेरा अखंड रूप है।

न हि जनिर्मरणं गमनागमौ न च मलं विमलं न च वेदनम् ।
चिन्मयं हि सकलं विराजते स्फुटतरं परमस्य तु योगिनः ॥5॥
सत्यचिद्घनमखण्डमद्वयं सर्वदृश्यरहितं निरामयम् ।
यत्पदं विमलमद्वयं शिवं तत्सदाहमिति मौनमाश्रय ॥6॥
जन्ममृत्युसुखदुःखवर्जितं जातिनीतिकुलगोत्रदूरगम् ।
चिद्विवर्तजगतोऽस्यकारणं तत्सदाहमिति मौनमाश्रय ॥7॥
पूर्णमद्वयमखण्डचेतनं विश्वभेदकलनादिवर्जितम् ।
अद्वितीयपरसंविदंशकं तत्सदाहमिति मौनमाश्रय ॥8॥

जन्म नहीं है, मरण नहीं है, गमन नहीं है, आगमन नहीं है, मल नहीं है, निर्मल नहीं है और अनुभवज्ञान भी नहीं है, परन्तु सब चैतन्यमय ही प्रकाशित हो रहा है। यह सबसे पर स्वरूप योगी को

अति स्पष्ट दिखाई देता है। सत्य, चैतन्यमय, अखण्ड, अद्वैत, सर्वदृश्यरहित, निर्दोष, निर्मल, अद्वैत और कल्याणस्वरूप जो परमतत्त्व है, वह मैं हूँ, ऐसा मानकर मौन ही धारण किए रहो। जन्म, मृत्यु, सुख और दुःख से जो रहित है, जाति, नीति, कुल और गोत्र से भी जो रहित है (दूर है) तथा चैतन्य में प्रतीत होती हुई जगत् की भ्रान्ति का जो कारण है वही सदा मैं हूँ—ऐसा मानकर तुम मौन को ही धारण किए रहो। जो पूर्ण, अद्वैत, अखण्ड और चैतन्य है, और समग्र भेद (ज्ञान) से रहित होते हुए अद्वितीय परम संवेदना (ज्ञान) का अंश है, वही मैं हूँ ऐसा मानकर तुम मौन का ही आश्रय करके रहो।

केनाप्यबाधितत्वेन त्रिकालेऽप्येकरूपतः ।
विद्यमानत्वमस्त्येतत्सद्रूपत्वं सदा मम ॥9॥
निरुपाधिकनित्यं यत्सुप्तौ सर्वसुखात्परम् ।
सुखरूपत्वमस्त्येतदानन्दत्वं सदा मम ॥10॥
दिनकरांकिरणैर्हि शार्वरं तमो निबिडतरं झटिति प्रणाशमेति ।
घनतरभवकारणं तमो यद्धरिदिनकृत्प्रभया न चान्तरेण ॥11॥
मम चरणस्मरणेन पूजया च स्वकतमसः परिमुच्यते हि जन्तुः ।
न हि मरणप्रभवप्रणाशहेतुर्मम चरणस्मरणादृतेस्ति किञ्चित् ॥12॥

यह मेरा पारमार्थिक स्वरूप किसी से भी बाधित नहीं होता। और वह तीनों काल में एकरूप ही होता है। इसलिए सदैव उसका अस्तित्व (सत्ता) रहता है। यह मेरा 'सत्' रूप है। उपाधिरहित और नित्य ऐसा जो तत्त्व सुषुप्ति के समय में सर्व सुखों से पर और सुखमय होता है, वही मेरी नित्य आनन्दमयता है। रात्रि का अतिगाढ अन्धकार जैसे सूर्य की किरणों से शीघ्र ही नष्ट हो जाता है, वैसे ही संसार कारणरूप अज्ञान का गाढ अन्धकार जो हैं, वह श्रीहरि की (भगवान् की) कान्ति के बिना नष्ट नहीं हो सकता। मेरे (परमेश्वर के) चरण का स्मरण और पूजन करने से प्राणी अपने अज्ञानान्धकार से छूट जाता है। इस प्रकार मेरे चरण के स्मरण के सिवा जन्म-मरण के नाश का और कोई कारण (उपाय) है ही नहीं।

आदरेण यथा स्तौति धनवन्तं धनेच्छया ।
तथा चेद्विश्वकर्तारं को न मुच्येत बन्धनात् ॥13॥
आदित्यसन्निधौ लोकश्चेष्टते स्वयमेव तु ।
तथा मत्सन्निधावेव समस्तं चेष्टते जगत् ॥14॥
शुक्तिकायां यथा तारं कल्पितं मायया तथा ।
महदादि जगन्मायामयं मय्येव केवलम् ॥15॥
चण्डालदेहे पश्वादिस्थावरे ब्रह्मविग्रहे ।
अन्येषु तारतम्येन स्थितेषु न तथाह्यहम् ॥16॥

जैसे मनुष्य धन की इच्छा से धनवान की आदरपूर्वक स्तुति करता है, वैसे ही जो विश्वकर्ता की स्तुति करता है, ऐसा कौन मनुष्य संसार के बन्धन से भला नहीं छूटेगा ? (छूट ही जाएगा।) सूर्य के सान्निध्य में मनुष्य आप ही आप जैसे चेष्टा करने लगता है, वैसे ही मेरे सान्निध्य में यह सारा जगत् चेष्टा करने लग जाता है। जैसे भ्रामक माया के कारण ही सीप में रूपा कल्पित ही होता है, वैसे ही मुझमें भी महत्तत्त्व आदि यह जगत् केवल माया के द्वारा दी कल्पित हुआ है। पारमार्थिक रूप से तो जगत् मिथ्या ही है, और केवल मैं ही सत्य हूँ। चाण्डाल के देह में, पशु आदि के देह में, स्थावरों में या ब्रह्मा के देह में तारतम्य से छोटा-बड़ापन दीखता है, वैसा मैं नहीं हूँ।

विनष्टदिग्भ्रमस्यापि यथापूर्वं विभाति दिक् ।
तथा विज्ञानविध्वस्तं जगन्मे भाति तन्न हि ॥17॥

न देहो नेन्द्रियप्राणो न मनोबुद्ध्यहङ्कृति ।
न चित्तं नैव माया च न च व्योमादिकं जगत् ॥18॥
न कर्ता नैव भोक्ता च न च भोजयिता तथा ।
केवलं चित्सदानन्दब्रह्मैवाहं जनार्दनः ॥19॥
जलस्य चलनादेव चञ्चलत्वं यथा रवेः ।
तथाहङ्कारसम्बन्धादेव संसार आत्मनः ॥20॥

दिशा का भ्रम होने वाले व्यक्ति को उस भ्रम के नाश होने पर पहले की ही तरह ठीक से दिशाएँ दिखाई पड़ती हैं, उसी प्रकार विज्ञान से जगत् के उच्छिन्न हो जाने पर वह जगत् मुझे तो दीखता नहीं है। शरीर नहीं हैं, इन्द्रियाँ नहीं हैं, प्राण नहीं हैं, मन, बुद्धि और अहंकार भी नहीं है, चित्त नहीं है, माया नहीं है, आकाश आदि जगत् भी नहीं है, कर्ता नहीं है, भोक्ता नहीं है और भोग कराने वाला भी नहीं है। केवल सत्ता और आनन्दस्वरूप चैतन्य जनार्दन मैं ही हूँ। (मेरे सिवा और कुछ है ही नहीं।) जैसे पानी के हिलने से उसमें प्रतिबिम्ब सूर्य भी हिलता-सा लगता है, उसी प्रकार अहंकार के सम्बन्ध से ही आत्मा का संसार होता है।

चित्तमूलं हि संसारस्तत्प्रयत्नेन शोधयेत् ।
हन्त चित्तमहत्तायां कैषा विश्वासता तव ॥21॥
क्व धनानि महीपानां ब्राह्मणाः क्व जगन्ति वा ।
प्राक्तनानि प्रयातानि गताः सर्गपरम्पराः ।
कोटयो ब्रह्मणां याता भूपा नष्टाः परागवत् ॥22॥
स चाध्यात्माभिमानोऽपि विदुषोऽप्यासुरत्वतः ।
विद्वानप्यासुरश्चेत्स्यान्निष्फलं तत्त्वदर्शनम् ॥23॥
उत्पाद्यमाना रागाद्या विवेकज्ञानवह्निना ।
यदा तदैव दह्यन्ते कुतस्तेषां प्ररोहणम् ॥24॥

संसार का मूल चित्त ही है, इस बात को प्रयत्नपूर्वक खोज लेना चाहिए। अरे रे ! चित्त की महत्ता में तुम्हें यह कैसा विश्वास है ? चित्त तो क्षुद्र से भी क्षुद्र है। राजाओं की धन-सम्पत्तियाँ कहाँ गईं ? ब्राह्मण बहुत से (ब्रह्मा भी) कहाँ चले गये ? बहुत से जगत् भी कहाँ रह गये हैं ? पहले की सृष्टियाँ, करोड़ों ब्रह्मा और बड़े-बड़े राजा भी धूल की तरह नष्ट हो गए हैं। विद्वान् को भी आसुरी भाव से 'मैं ऐसा हूँ' इस प्रकार का आध्यात्मिक अभिमान होता है। विद्वान् भी अगर ऐसे आसुरी भाववाला हो जाता है, तो उसका तत्त्वदर्शन मिथ्या ही होता है। रागादि जब उत्पन्न होते हैं, तब विवेकाग्नि-ज्ञानाग्नि से ही वे जल सकते हैं और उनके जल जाने के बाद फिर से उनका उगना कैसे संभव हो सकता है ? (इसलिए ज्ञान से उन्हें जला ही देना चाहिए।)

यथा सुनिपुणः सम्यक् परदोषेक्षणे रतः ।
तथा चेन्निपुणः स्वेषु को न मुच्येत बन्धनात् ॥25॥
अनात्मविदमुक्तोऽपि सिद्धिजालानि वाञ्छति ।
द्रव्यमन्त्रक्रियाकालयुक्त्याप्नोति मुनीश्वर ॥26॥
नात्मज्ञस्यैव विषय आत्मज्ञो ह्यात्ममात्रदृक् ।
आत्मनात्मनि सन्तृप्तोनाविद्यामनुधावति ॥27॥
ये केचन जगद्भावास्तानविद्यामयान्विदुः ।
कथं तेषु किलात्मज्ञस्त्यक्ताविद्यो निमज्जति ॥28॥

पराये दोषों को देखने में मनुष्य जितना निपुण होता है उतना ही अगर अपने दोषों को देखने में निपुण हो जाए, तो संसाररूप बन्धन से भला कौन नहीं छूटेगा ? (सभी छूट जाएँगे) जिसको आत्मा का ज्ञान नहीं हुआ है, और जो जीवन्मुक्त नहीं हुआ है, वही सिद्धियों का समूह चाहता है। हे मुनीश्वर ! और द्रव्य, मंत्र, क्रिया, काल और अनेक युक्तियों से वह उन्हें प्राप्त कर भी लेता है, परन्तु आत्मा को जानने वाले का यह विषय नहीं है। आत्मवेत्ता पुरुष तो केवल आत्मा ही को देखता है, आत्मा में ही आत्मा के द्वारा सदैव तृप्त रहता है एवं अविद्या के पीछे दौड़ता नहीं है। जगत् के जितने भी पदार्थ हैं, उन्हें ज्ञानी लोग अविद्यामय ही समझते हैं। इसलिए जो पुरुष आत्मा को जानने वाला है, जिसने अविद्या छोड़ी है, वह अविद्या के पदार्थों में कैसे रत होगा ? (अर्थात् नहीं रहेगा)

द्रव्यमन्त्रक्रियाकालयुक्तयः साधुसिद्धिदाः ।
परमात्मपदप्राप्तो नोपकुर्वन्ति काश्चन ॥29॥
सर्वेच्छाकलनाशान्तावात्मलाभोदयाभिधः ।
स पुनः सिद्धिवाञ्छायां कथमर्हत्यचित्ततः ॥30॥

इति तृतीयोऽध्यायः ।

द्रव्य, मंत्र, क्रिया, काल और उनकी युक्तियाँ यद्यपि उत्तम सिद्धियों को देती तो हैं ही, परन्तु, परमात्मा के पद की प्राप्ति में वे सब किसी भी प्रकार का उपकार (सहाय) नहीं देतीं। जब सभी इच्छाओं का आकलन शान्त हो जाता है, तब आत्मलाभ का उदय (अर्थात् मोक्ष) होता है। और वह लाभ होने के बाद सिद्धि की इच्छा कैसे उत्पन्न हो सकती है ? क्योंकि उस अवस्था में चित्त तो होता ही नहीं है।

यहाँ तीसरा अध्याय पूरा हुआ।

❋

चतुर्थोऽध्यायः

अथ ह ऋभुं भगवन्तं निदाघः पप्रच्छ जीवन्मुक्तिलक्षणमनुब्रूहीति ॥1॥
तथेति स होवाच । सप्तभूमिषु जीवन्मुक्ताश्चत्वारः ॥2॥
शुभेच्छा प्रथमा भूमिका भवति । विचारणा द्वितीया । तनुमानसी तृतीया । सत्त्वापत्तिस्तुरीया । असंसक्तिः पञ्चमी । पदार्थभावना षष्ठी । तुरीयगा सप्तमी ॥3॥
प्रणवात्मिका भूमिका अकारोकारमकारार्धमात्रात्मिका ॥4॥
स्थूलसूक्ष्मबीजसाक्षिभेदेनाकारादयश्चतुर्विधाः ॥5॥

किसी एक समय निदाघ ने भगवान् ऋभु से पूछा—'आप मुझे जीवन्मुक्ति का लक्षण बताइए।' तब 'बहुत अच्छा' ऐसा कहकर ऋभु बोले—'ज्ञान की सात भूमिकाएँ हैं, उनमें से चार जीवन्मुक्त की स्थितिवाली होती हैं। पहली भूमिका शुभेच्छा है, दूसरी भूमिका विचारणा है, तीसरी भूमिका तनुमानसी है, चौथी भूमिका सत्त्वापत्ति है, पाँचवीं भूमिका असंसक्ति है, छठी भूमिका पदार्थभावना है और सातवीं भूमिका तुरीयगा है। प्रणवरूप (ओंकार रूप) भूमिका, अ-उ-म और अर्धमात्रारूप होती है। ये 'अकार' आदि भी स्थूल, सूक्ष्म, बीज और साक्षी के भेद से प्रत्येक चार-चार प्रकार के होते हैं।

तदवस्था जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तितुरीयाः ॥6॥
अकारस्थूलांशे जाग्रद्विश्वः। सूक्ष्मांशे तत्तैजसः। बीजांशे तत्प्राज्ञः। साक्ष्यंशे तत्तुरीयः ॥7॥
उकारस्थूलांशे स्वप्नविश्वः। सूक्ष्मांशे तत्तैजसः। बीजांशे तत्प्राज्ञः। साक्ष्यंशे तत्तुरीयः ॥8॥
मकारस्थूलांशे सुषुप्तविश्व। सूक्ष्मांशे तत्तैजसः। बीजांशे तत्प्राज्ञः। साक्ष्यंशे तत्तुरीयः ॥9॥
अर्धमात्रास्थूलांशे तुरीयविश्वः। सूक्ष्मांशे तत्तैजसः। बीजांशे तत्प्राज्ञः। साक्ष्यंशे तुरीयतुरीयः ॥10॥

उनकी अवस्थाएँ भी चार होती हैं—जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय। उनमें से अकार के स्थूल अंश में जाग्रदवस्था वाला विश्व होता है, सूक्ष्म अंश में जाग्रत् तैजस होता है, बीज अंश में जाग्रत् प्राज्ञ होता है और साक्षी अंश में जाग्रत् तुरीय होता है। अब उकार के स्थूल अंश में स्वप्न विश्व होता है, उसके सूक्ष्म अंश में स्वप्न तैजस होता है, बीज अंश में स्वप्न प्राज्ञ होता है और साक्षी अंश में स्वप्न तुरीय होता है। अब मकार के स्थूल अंश में सुषुप्ति अवस्था वाला विश्वात्मा होता है, उसके सूक्ष्म अंश में सुषुप्ति तैजस, उसके बीज अंश में सुषुप्ति प्राज्ञ और साक्षी अंश में सुषुप्ति तुरीय होता है। अब अर्धमात्रा के स्थूल अंश में तुरीयावस्था वाला विश्वात्मा होता है, उसके सूक्ष्म अंश में तुरीय तैजस होता है, उसके बीज अंश में तुरीय प्राज्ञ होता है और उसके साक्षी अंश में तुरीयतुरीय होता है।

अकारतुरीयांशाः प्रथमद्वितीयतृतीयभूमिकाः। उकारतुरीयांशा चतुर्थी भूमिका। मकारतुरीयांशा पञ्चमी। अर्धमात्रातुरीयांशा षष्ठी। तदतीता सप्तमी ॥11॥

ऊपर बताई गई सात ज्ञान भूमिकाओं में से पहली, दूसरी और तीसरी भूमिकाएँ अकार के तुरीयांश रूप में है। चौथा भूमिका उकार के तुरीय अंश के रूप में हैं। पाँचवीं भूमिका मकार के तुरीयांश के रूप में है। छठी भूमिका अर्धमात्रा के तुरीयांश के रूप में है, और सप्तमी उन सभी अंशों से रहित है।

भूमित्रयेषु विहरन्मुमुक्षुर्भवति। तुरीयभूम्यां विहरन्ब्रह्मविद्भवति। पञ्चमभूम्यां विहरन्ब्रह्मविद्वरो भवति। षष्ठभूम्यां विहरन्ब्रह्मविद्वरीयान्भवति। सप्तमभूम्यां विहरन्ब्रह्मविद्वरिष्ठो भवति ॥12॥

पहली तीन भूमिकाओं में विहार करने वाला मुमुक्षु होता है। चौथी भूमिका में विहार करने वाला ब्रह्मवेत्ता होता है, पाँचवीं भूमिका में विहार करने वाला ब्रह्मवेत्ताओं में श्रेष्ठ होता है, छठी भूमिका में विहार करने वाला ब्रह्मवेत्ताओं में अधिक श्रेष्ठ होता है तथा सातवीं भूमिका में विहार करने वाला ब्रह्मवेत्ताओं में श्रेष्ठतम होता है।

तत्रैते श्लोका भवन्ति—
ज्ञानभूमिः शुभेच्छा स्यात्प्रथमा समुदीरिता।
विचारणा द्वितीया तु तृतीया तनुमानसी ॥1॥
सत्त्वापत्तिश्चतुर्थी स्यात्ततोऽसंसक्तिनामिका।
पदार्थभावना षष्ठी सप्तमी तुर्यगा स्मृता ॥2॥

इस विषय में ये श्लोक हैं—शुभेच्छा नाम की पहली ज्ञान भूमिका कही गई हैं। दूसरी विचारणा और तीसरी तनुमानसी है। चौथी सत्त्वापत्ति है, बाद में असंसक्ति नाम की है। छठी पदार्थ भावना है और सातवीं तुर्यगा कही गई है।

स्थितः किं मूढ एवास्मि प्रेक्ष्योऽहं शास्त्रसज्जनैः।
वैराग्यपूर्वमिच्छेति शुभेच्छेत्युच्यते बुधैः ॥3॥
शास्त्रसज्जनसंपर्कवैराग्याभ्यासपूर्वकम्।
सदाचारप्रवृत्तिर्या प्रोच्यते सा विचारणा ॥4॥
विचारणाशुभेच्छाभ्यामिन्द्रियार्थेषु रक्तता।
यत्र सा तनुतामेति प्रोच्यते तनुमानसी ॥5॥
भूमिकात्रितयाभ्यासाच्चित्तेऽर्थविरतेर्वशात्।
सत्त्वात्मनि स्थिते शुद्धे सत्त्वापत्तिरुदाहृता ॥6॥

'मैं क्यों मूढ़ ही बैठा रहा हूँ ?' 'ये शास्त्र और सज्जन मुझे ऐसा देख रहे हैं ?'—इस तरह की जो वैराग्यपूर्ण इच्छा होती है, इसे पण्डित लोग 'शुभेच्छा' कहते हैं। शास्त्रों और सज्जनों के संग से वैराग्य हो जाने पर सदाचार में अभ्यासपूर्वक जो प्रवृत्ति होती है, उसे 'विचारणा' कहा जाता है। इस तरह 'शुभेच्छा' और 'विचारणा' से विषयों के ऊपर का प्रेम जो पतला पड़ जाता है, उसे 'तनुमानसी' कहा जाता है। इन तीन भूमिकाओं के अभ्यास से मन में विषयों के प्रति वैराग्य आ जाने से चित्त जब शुद्धात्मा में स्थिर हो जाता है, तब उसे 'सत्त्वापत्ति' कहा गया है।

दशाचतुष्टयाभ्यासादसंसर्गफला तु या।
रूढसत्त्वचमत्कारा प्रोक्ताऽसंसक्तिनामिका ॥7॥
भूमिकापञ्चकाभ्यासात्स्वात्मारामतया भृशम्।
आभ्यन्तराणां बाह्यानां पदार्थानामभावनात् ॥8॥
परप्रयुक्तेन चिरं प्रत्ययेनावबोधनम्।
पदार्थभावना नाम षष्ठी भवति भूमिका ॥9॥
षड्भूमिकाचिराभ्यासाद्भेदस्यानुपलम्भनात्।
यत्स्वभावैकनिष्ठत्वं सा ज्ञेया तुर्यगा गतिः ॥10॥

इन चार भूमिकाओं के अभ्यास से जिस मनुष्य में असंगरूपी फल प्रकट होता है और सत्त्वगुण का चमत्कार रूढ़ बनता है, तब उसको 'असंसक्ति' कहा गया है। फिर इन पाँच भूमिकाओं के अभ्यास से अपनी आत्मा में ही अत्यन्त रमण करते हुए स्थित रहता है, और इससे बाहर-भीतर के किसी भी पदार्थ का भान नहीं रहता। उस समय तो कोई पदार्थ की पहचान करवाता है, तभी लम्बे समय के बाद पदार्थ की पहचान होती है। इसी को 'पदार्थभावना' नाम की छठी ज्ञानभूमिका कहते हैं। इन छः भूमिकाओं के लम्बे अभ्यास के बाद संसार में जो किसी प्रकार का भेद नहीं दीखता और केवल आत्मस्वभाव में ही तब जो एकनिष्ठा प्राप्त होती है, उसे 'तुर्यगा' नाम की सातवीं भूमिका जानना चाहिए।

शुभेच्छादित्रयं भूमिभेदाभेदयुतं स्मृतम्।
यथावद्वेद बुद्ध्येदं जगज्जाग्रति दृश्यते ॥11॥
अद्वैते स्थैर्यमायाते द्वैते च प्रशमं गते।
पश्यन्ति स्वप्नवल्लोकं तुर्यभूमिसुयोगतः ॥12॥

विच्छिन्नशरदभ्रांशविलयं प्रविलीयते ।
सत्त्वावशेष एवास्ते हे निदाघ दृढीकुरु ॥13॥
पञ्चभूमिं समारुह्य सुषुप्तिपदनामिकाम् ।
शान्ताशेषविशेषांशस्तिष्ठत्यद्वैतमात्रके ॥14॥

शुभेच्छादि भूमिकाएँ भेदाभेदज्ञान से युक्त मानी जाती हैं। इसलिए इन अवस्थाओं में मनुष्य जाग्रत् अवस्था में इस जगत् को अपनी बुद्धि से अच्छी तरह से जानता है। फिर जब चौथी अवस्था का उत्तम योग होता है तब उसके कारण से अद्वतभाव स्थिर होता है, और द्वैतभाव का नाश हो जाता है। इसलिए इस भूमिका पर पहुँचे हुए लोग जगत् को स्वप्न जैसा ही देखते हैं। हे निदाघ ! इस चौथी भूमिका में जैसे शरद् ऋतु के बादलों के अंश छिन्नभिन्न होकर नष्ट हो जाते हैं, वैसे ही द्वैत के अंशों का विलय हो जाता है। और केवल सत्त्व अंश ही शेष रहता है। इसलिए तुम उसी भूमिका को दृढ़ करो। बाद में पाँचवीं भूमिका पर आरूढ़ होने से बाकी बचे अंश भी नष्ट हो जाते हैं। मात्र अद्वैत–आत्मस्वरूप ही शेष रहता है। इसीलिए इस भूमिका को 'सुषुप्तिपद' नाम से कहा जाता है।

अन्तर्मुखतया नित्यं बहिर्वृत्तिपरोऽपि सन् ।
परिश्रान्ततया नित्यं निद्रालुरिव लक्ष्यते ॥15॥
कुर्वन्नभ्यासमेतस्यां भूम्यां सम्यग्विवासनः ।
सप्तमी गाढसुप्त्याख्या क्रमप्राप्ता पुरातनी ॥16॥
यत्र नासन्न सद्रूपो नाहं नाप्यनहंकृतिः ।
केवलं क्षीणमनन आस्तेऽद्वैतेऽतिनिर्भयः ॥17॥

फिर छठी भूमिका में आकर बाहर की वृत्ति में परायण होने पर भी मनुष्य नित्य अन्तर्मुखता से ही रहता है और बड़ी थकान से मानो निद्रालु हो (नींद ले रहा हो) ऐसा दीखता है। इस तरह इस भूमिका का अभ्यास करते-करते बिल्कुल वासनारहित हो जाता है। और अन्त में 'गाढ सुषुप्ति' नाम की सातवीं भूमिका में क्रमशः जा पहुँचता है। यही भूमिका देहसम्बन्ध से पहले की पुरातनी अवस्था है। जहाँ सत् नहीं है, असत् भी नहीं है, अहंकार भी नहीं है, अनहंकार भी नहीं है। यहाँ केवल क्षीणमन वाला, वह अति निर्भय होकर अवस्थित रहता है।

अन्तःशून्यो बहिःशून्यः शून्यकुम्भ इवाम्बरे ।
अन्तःपूर्णो बहिःपूर्णः पूर्णकुम्भ इवार्णवे ॥18॥
मा भव ग्राह्यभावात्मा ग्राहकात्मा च मा भव ।
भावनामखिलां त्यक्त्वा यच्छिष्टं तन्मयो भव ॥19॥
द्रष्टृदर्शनदृश्यानि त्यक्त्वा वासनया सह ।
दर्शनप्रथमाभासमात्मानं केवलं भज ॥20॥

वह मनुष्य भीतर से और बाहर से शून्य आकाश में रखे गए घड़े जैसा होता है। अथवा तो भीतर से पूर्ण और बाहर से भी पूर्ण सागर में रखे गए घड़े जैसा होता है। ग्रहण किए जाते हुए पदार्थ रूप तुम मत बनो। सभी भावनाओं का त्याग करके जो शेष बचे, उसी के रूप तुम हो जाओ। तुम द्रष्टा, दृश्य और दर्शन को अपनी वासनाओं के साथ छोड़ ही दो और बाद में दर्शन के प्रथम आभास रूप आत्मा का ही केवल उपासना (चिन्तन) करो।

यथास्थितमिदं यस्य व्यवहारवतोऽपि च ।
अस्तंगतं स्थितं व्योम स जीवन्मुक्त उच्यते ॥21॥

नोदेति नास्तमायाति सुखे दुःखे मनःप्रभा ।
यथाप्राप्तस्थितिर्यस्य स जीवन्मुक्त उच्यते ॥22॥
यो जागर्ति सुषुप्तिस्थो यस्य जाग्रन्न विद्यते ।
यस्य निर्वासनो बोधः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥23॥
रागद्वेषभयादीनामनुरूपं चरन्नपि ।
योऽन्तर्व्योमवदच्छन्नः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥24॥
यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते ।
कुर्वतोऽकुर्वतो वापि स जीवन्मुक्त उच्यते ॥25॥

जिसके आगे यह जो कुछ जैसा है, वैसा ही रहता हो, और सभी प्रकार का व्यवहार करते हुए भी जिसकी दृष्टि में सब कुछ अस्त ही हो गया हो और केवल आकाश ही रहा हो, वह 'जीवन्मुक्त' कहलाता है। जिसकी मानसिक कान्ति सुख में उगती नहीं है, और दुःख में अस्त नहीं होती, परन्तु प्रथम की ही स्थिति यथास्थिति रहती हो, वह 'जीवन्मुक्त' कहलाता है। जो सुषुप्ति में रहा हुआ भी जागता ही रहता है, जिसे लौकिक जाग्रदवस्था नहीं होती, और जिसका ज्ञान वासनारहित होता है, वह जीवन्मुक्त कहलाता है। राग, द्वेष, भय आदि के योग्य वर्तन जो कर रहा तो हो, परन्तु भीतर तो आकाश की तरह ही जो निर्लेप (अनावृत) ही रहता हो, वह 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है। जो कुछ करता हो, या न करता हो परन्तु उसका भाव तो अहंकाररहित ही होता हो, तथा जिसकी बुद्धि लिप्त नहीं होती, वह 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है।

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः ।
हर्षामर्षभयोन्मुक्तः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥26॥
यः समस्तार्थजालेषु व्यवहार्यपि शीतलः ।
परार्थेष्विव पूर्णात्मा स जीवन्मुक्त उच्यते ॥27॥
प्रजहाति यदा कामान्सर्वांश्चित्तगतान्मुने ।
मयि सर्वात्मके तुष्टः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥28॥
चैत्यवर्जितचिन्मात्रे पदे परमपावने ।
अक्षुब्धचित्तो विश्रान्तः स जीवन्मुक्त उच्यते ॥29॥
इदं जगदहं सोऽयं दृश्य जातमवास्तवम् ।
यस्य चित्ते न स्फुरति स जीवन्मुक्त उच्यते ॥30॥

जिससे लोग उद्वेग प्राप्त नहीं करते और जो लोगों से उद्वेग प्राप्त नहीं करता और जो हर्ष, द्वेष तथा भय से रहित हुआ हो, वह 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है। व्यवहार के योग्य सभी पदार्थों के समूह मानो पराये ही हों, ऐसा समझकर उनके सम्बन्ध में जो शीतल ही रहता हो, उनके सम्बन्ध में राग-द्वेष से जो मुक्त रहता हो, वह पूर्णात्मा 'जीवन्मुक्त' कहलाता है। हे मुनि ! जब मनुष्य चित्त में रही हुई सभी कामनाओं को छोड़ देता है, और सर्वात्मा मुझमें (अन्तरात्मा में) ही संतुष्ट रहता है, वह 'जीवन्मुक्त' कहलाता है। जाड्यरहित केवल परमपावन चिद्रूप स्थान में अक्षुब्ध (शान्त) चित्तवाला होकर जो विश्राम करता है, वह 'जीवन्मुक्त' कहलाता है। 'यह जगत् मैं ही हूँ और जो यह सब दृश्य है वह मिथ्या है'— ऐसे ज्ञान से जिसके चित्त में आत्मातिरिक्त किसी का भी स्फुरण नहीं होता, वह 'जीवन्मुक्त' कहलाता है।

सद्ब्रह्मणि स्थिरे स्फारे पूर्णे विषयवर्जिते ।
आचार्यशास्त्रमार्गेण प्रविश्याशु स्थिरो भवः ॥31॥

शिवो गुरुः शिवो वेदः शिवो देवः शिवः प्रभुः ।
शिवोऽस्म्यहं शिवः सर्वं शिवादन्यन्न किञ्चन ॥32॥
तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत् ॥33॥
शुको मुक्तो वामदेवोऽपि मुक्तस्ताभ्यां विना मुक्तिभाजो न सन्ति ।
शुकमार्गं येऽनुसरन्ति धीराः सद्यो मुक्तास्ते भवन्तीह लोके ॥34॥
वामदेवं येऽनुसरन्ति नित्यं मृत्वा जनित्वा च पुनःपुनस्तत् ।
ते वै लोके क्रममुक्ता भवन्ति योगैः सांख्यैः कर्मभिः सत्त्वयुक्तैः ॥35॥

सत्यस्वरूप ब्रह्म स्थिर, सर्वव्यापी, पूर्ण और विषयरहित है। उसमें आचार्य और गुरु के बताए हुए मार्ग पर शीघ्र ही प्रवेश करके तुम उसमें स्थिर हो जाओ। 'शिव गुरु है, शिव वेद है, शिव देव है और शिव प्रभु हैं। मैं शिव हूँ और यह सब शिव है, शिव से भिन्न कुछ है ही नहीं'—इस तरह उस परमात्मा को जानकर धीर पुरुष को उसी में बुद्धि करनी चाहिए। उसे अनेक शब्दों का विचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह तो वाणी को थकाने वाला होता है। शुकदेव मुक्ति को प्राप्त हुए हैं, वामदेव भी मुक्ति को प्राप्त हुए हैं, उनके बिना अन्य लोग मुक्ति को प्राप्त नहीं हुए हैं। इसलिए जो धीर पुरुष शुकदेव के मार्ग का अनुसरण करते हैं, वे इस लोक में शीघ्र ही मुक्त हो जाते हैं। और जो लोग वामदेव के मार्ग का अनुसरण करते हैं, वे लोग बार-बार मरकर और बार-बार जन्म लेकर सांख्य से, योग से या सात्त्विक कर्मों से क्रम मुक्ति को प्राप्त करते हैं।

शुकश्च वामदेवश्च द्वे सृती देवनिर्मिते ।
शुको विहङ्गमः प्रोक्तो वामदेवः पिपीलिका ॥36॥
अतद्व्यावृत्तिरूपेण साक्षाद्विधिमुखेन वा ।
महावाक्यविचारेण सांख्ययोगसमाधिना ॥37॥
विदित्वा स्वात्मनो रूपं संप्रज्ञातसमाधितः ।
शुकमार्गेण विरजाः प्रयान्ति परमं पदम् ॥38॥
यमाद्यासनजायासहठाभ्यासात्पुनःपुनः ।
विघ्नबाहुल्यसंजात अणिमादिवशादिह ॥39॥

देवों ने शुक और वामदेव—ऐसे दो मार्ग निर्माण किए हैं। शुक पक्षी होता है और वामदेव चींटी होती है। (गति के परिमाण में।) 'नेति-नेति'—ऐसे वेदोक्त अतद्व्यावृत्ति के रूप में अथवा साक्षात् विधिमुख से, महावाक्यों के विचार से अथवा तो सांख्य और योग की समाधि द्वारा अपने स्वरूप को जानकर संप्रज्ञात समाधि के द्वारा जो रजोगुणरहित हो जाते हैं वे लोग शुक के मार्ग से परमपद को प्राप्त करते हैं। यम आदि तथा आसन आदि करने से जो परिश्रम उत्पन्न होता है उसके तथा हठयोग के बार-बार अभ्यास करने से विघ्न बाहुल्य होता है और अणिमादि सिद्धियों से भी प्रमाण में समुचित फल प्राप्त नहीं होता।

अलब्ध्वापि फलं सम्यक्पुनर्भूत्वा महाकुले ।
पुनर्वासनयैवायं योगाभ्यासं पुरश्चरन् ॥40॥
अनेकजन्माभ्यासेन वामदेवेन वै पथा ।
सोऽपि मुक्तिं समाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥41॥
द्वाविमावपि पन्थानौ ब्रह्मप्राप्तिकरौ शिवौ ।

सद्योमुक्तिप्रदश्चैकः क्रममुक्तिप्रदः परः ।
अत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ॥42॥
यस्यानुभवपर्यन्ता बुद्धिस्तत्त्वे प्रवर्तते ।
तद्दृष्टिगोचराः सर्वे मुच्यन्ते सर्वपातकैः ॥43॥
खेचरा भूचराः सर्वे ब्रह्मविद्दृष्टिगोचराः ।
सद्य एव विमुच्यन्ते कोटिजन्मार्जितैरघैः ॥44॥

इति चतुर्थोऽध्यायः ।

यद्यपि इससे अच्छा (योग्य) फल तो नहीं मिलता, पर वह अच्छे कुल में जन्म प्राप्त करता है, और उस जन्म से वह पूर्व-जन्म की वासना से फिर से अपने योगाभ्यास को आगे बढ़ाता है। इस प्रकार अनेक जन्मों तक अभ्यास करने से वामदेव के मार्ग से वह भी विष्णु के परमधाम रूप मुक्ति को प्राप्त करता है। ये दोनों मार्ग ब्रह्मप्राप्ति कराने वाले और कल्याणस्वरूप हैं। उनमें से एक मार्ग सद्योमुक्ति (तुरन्तमुक्ति) देता है और दूसरा मार्ग क्रममुक्ति देने वाला है। जो मनुष्य सर्वत्र एक आत्मा को ही देखता है, उसको इस लोक में क्या मोह हो सकता है ? और क्या शोक भी हो सकता है ? जिसकी बुद्धि अनुभव-पर्यन्त एक तत्त्व के विचार में ही प्रवर्तमान होती है, उसकी दृष्टि में जो लोक आते हैं, वे सभी पापों से छूट जाते हैं। आकाशविहारी हों या धरती पर विचरण करने वाले हों—वे सभी जीव ब्रह्मवेत्ता पुरुष की दृष्टि पर पड़ते हैं कि तुरन्त ही वे करोड़ों जन्मों के पापों से मुक्त हो जाते हैं।

यहाँ चौथा अध्याय पूरा हुआ।

❋

पञ्चमोऽध्यायः

अथ हैनं ऋभुं भगवन्तं निदाघः प्रप्रच्छ योगाभ्यासविधिमनुब्रूहीति ।
तथेति स होवाच—
पञ्चभूतात्मको देह पञ्चमण्डलपूरितः ।
काठिन्यं पृथिवी ह्येका पानीयं तद्द्रवाकृति ॥1॥
दीपनं च भवेत्तेजः प्रचारो वायुलक्षणम् ।
आकाशतत्त्वतः सर्वं ज्ञातव्यं योगमिच्छता ॥2॥

फिर निदाघ ने भगवान् ऋभु से पूछा—'मुझे योगाभ्यास की विधि बताइए।' तब 'बहुत अच्छा' ऐसा कहकर ऋभु बोले—शरीर पंचभूतात्मक है और पाँच मण्डलों से भरा हुआ है। उनमें जहाँ कठिनता है, वह पृथ्वी है। जहाँ प्रवाह का आकार है, वह जल है। जठर में जो अग्नि जलती है वह तेज है। जो प्रसरण (आना-जाना) है वह वायु है। और जो कुछ खाली है, वह आकाशतत्त्व के कारण से है। योग के जिज्ञासु को यह सब जान लेना चाहिए।

षट्शतान्यधिकान्यत्र सहस्राण्येकविंशतिः ।
अहोरात्रवहैः श्वासैर्वायुमण्डलघाततः ॥3॥
तत्पृथ्वीमण्डले क्षीणे वलिरायाति देहिनाम् ।
तद्वदापोगणापाये केशाः स्युः पाण्डुराः क्रमात् ॥4॥
तेजःक्षयेऽक्षुधा कान्तिर्नश्यते मारुतक्षये ।
वेपथुः संभवेन्नित्यं नाम्भसेनैव जीवति ॥5॥

इत्थं भूतक्षयान्नित्यं जीवितं भूतधारणम् ।
उड्याणं कुरुते यस्मादविश्रान्तं महाखगः ॥6॥

वायुमण्डल के आघात से इस शरीर में एक रात-दिन के सामान्यतया इक्कीस हजार छः सौ श्वास-प्रश्वास चल रहे हैं। प्राणियों में जब पृथ्वीमंडल (तत्व) कम पड़ जाता है, तो शरीर पर झुर्रियाँ पड़ जाती हैं, जब जल कम पड़ जाता है, तो क्रमशः केश सफेद हो जाते हैं, जब तेजोभाग कम पड़ जाता है, तो ठीक तरह से भूख नहीं लगती तथा कान्ति नष्ट होती है, जब वायुभाग की कमी पड़ जाती है, तो शरीर में नित्य कँपकँपी होती है। और अकेले जल या अकेले आकाश से कोई जी नहीं सकता। इस प्रकार नित्य ही भूतों का क्षय होता रहता है। इसलिए भूतों को धारण किए रहना (भूत धारण करना) ही जीवन है। इसी कारण से बड़े-बड़े पक्षी अविच्छिन्न रीति से सतत ही उड़ते रहते हैं।

उड्डियाणं तदेव स्यात्तत्र बन्धोऽभिधीयते ।
उड्डियाणो ह्यसौ बन्धो मृत्युमातङ्गकेसरी ॥7॥
तस्य मुक्तिस्तनोः कायात्तस्य बन्धो हि दुष्करः ।
अग्नौ तु चालिते कुक्षौ वेदना जायते भृशम् ॥8॥
न कार्या क्षुधितेनापि नापि विण्मूत्रवेगिना ।
हितं मितं च भोक्तव्यं स्तोकं स्तोकमनेकधा ॥9॥
मृदुमध्यममन्त्रेषु क्रमान्मन्त्रं लयं हठम् ।
लयमन्त्रहठा योगा योगो हृष्टाङ्गसंयुतः ॥10॥

इसी को उड्डियाणबन्ध कहा जाता है। इस उड्डियाणबन्ध को यदि हमारे शरीर में प्रतिदिन किया जाए, तब मृत्युरूप हाथी का नाश करने में वह केसरी (सिंह) जैसा होता है। शरीर से इसकी मुक्ति भी हो सकती है परन्तु निर्दिष्ट पुरुष के लिए यह उड्डियाणबन्ध दुष्कर है, क्योंकि अग्नि को जब चलायमान किया जाता है, तब पेट में बड़ी वेदना होती है, इसलिए भूखे मनुष्य को और विष्टा-मूत्र के वेग वाले मनुष्य को यह उड्डियाणबन्ध नहीं करना चाहिए। जिसे योगक्रिया करनी हो, उसे हितकारी, थोड़ा-थोड़ा और प्रमाणपुरःसर (प्रमाण के अनुसार) खाना चाहिए। इस प्रकार विविध खाद्यों से क्षुधाशान्ति करके मृदु = लय, मध्यम = हठ और मन्त्र = नादानुसन्धान—इन योगों की साधना करनी चाहिए। इन तीन योगों में प्रथम क्रम लययोग का, द्वितीय मन्त्रयोग का और तीसरा क्रम हठयोग का है। उनमें हठयोग यम आदि आठ अंगों वाला होता है।

यमश्च नियमश्चैव तथा चासनमेव च ।
प्राणायामस्तथा पश्चात्प्रत्याहारस्तथा परम् ॥11॥
धारणा च तथा ध्यानं समाधिश्चाष्टमो भवेत् ।
अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम् ॥12॥
क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चेति यमा दश ।
तपः सन्तोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम् ॥13॥
सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो व्रतम् ।
एते हि नियमाः प्रोक्ता दशधैव महामते ॥14॥

हे बुद्धिमान ! यम, नियम, आसन, प्राणायाम, धारणा, प्रत्याहार, ध्यान और आठवीं समाधि—ये आठ योग के अंग हैं। इनमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव (सरलता), क्षमा, धैर्य, मिताहार तथा बाहर-भीतर की पवित्रता—ये दश यम हैं। इसी प्रकार तप, सन्तोष, आस्तिकता, दान, ईश्वरपूजन, सिद्धान्तश्रवण, लज्जा, मनन, जप और व्रत—ये दस नियम कहे जाते हैं।

एकादशासनानि स्युश्चक्रादि मुनिसत्तम ।
चक्रं पद्मासनं कूर्म मयूरं कुक्कुटं तथा ॥15॥
वीरासनं स्वस्तिकं च भद्रं सिंहासनं तथा ।
मुक्तासनं गोमुखं च कीर्तितं योगवित्तमैः ॥16॥
सव्योरु दक्षिणे गुल्फे दक्षिणं दक्षिणेतरे ।
निदध्यादृजुकायस्तु चक्रासनमिदं मतम् ॥17॥

हे मुनिश्रेष्ठ ! चक्र आदि आसन ग्यारह हैं। चक्रासन, पद्मासन, कूर्मासन, मयूरासन, कुक्कुटासन, वीरासन, स्वस्तिकासन, भद्रासन, सिंहासन, मुक्तासन और गोमुखासन—ये ग्यारह आसन योगवेत्ताओं ने कहे हैं। (यहाँ ग्यारह आसन कहे हैं, जब कि जाबालदर्शनोपनिषद् में नौ आसन बताए हैं। यहाँ पर चक्रासन और कूर्मासन—दो ज्यादा बताए गए हैं। उनमें से चक्रासन का स्वरूप तो यहाँ बताया गया है, अन्य आसनों के स्वरूप जाबालदर्शनोपनिषत् में बताए गए हैं। कूर्मासन के विषय में जिज्ञासु को किसी योग्य गुरु के पास जाकर उसकी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए।) जब बाँयीं जाँघ दाहिने टखने पर और दाहिनी जाँघ बाँयें टखने पर रखी जाए और शरीर एकदम सीधा रखा जाय, तब उसे चक्रासन माना गया है।

पूरकः कुम्भकस्तद्वद्रेचकः पूरकः पुनः ।
प्राणायामः स्वनाडीभिस्तस्मान्नाडीः प्रचक्षते ॥18॥
शरीरं सर्वजन्तूनां षण्णवत्यङ्गुलात्मकम् ।
तन्मध्ये पायुदेशात्तु द्व्यङ्गुलात्परतः परम् ॥19॥
मेढ्रदेशादधस्तात्तु द्व्यङ्गुलान्मध्यमुच्यते ।
मेढ्रान्नताङ्गुलादूर्ध्वं नाडीनां कन्दमुच्यते ॥20॥
चतुरङ्गुलमुत्सेधं चतुरङ्गुलमायतम् ।
अण्डाकारं परिवृतं मेदोमज्जास्थिशोणितैः ॥21॥

पूरक, कुंभक और रेचक—इस तीन प्रकार का प्राणायाम होता है। वह अपनी नाड़ियों के द्वारा ही होता है, इसलिए नाडियाँ कही जाती हैं। सभी प्राणियों का (मनुष्यों का) शरीर छियानबे अंगुल के प्रमाण का होता है। इस शरीर में गुदा के ऊपर दो अंगुल और लिंग प्रदेश के नीचे दो अंगुल को शरीर का मध्यप्रदेश कहा जाता है। और लिंग के नीचे—एक अंगुल ऊँचे नाड़ियों का कन्द (मूल स्थान) कहा जाता है। वह चार अंगुल ऊँचा, चार अंगुल लम्बा-चौड़ा, अण्ड जैसे आकार का है और मेद, मज्जा, हड्डियों और रक्त से आवृत है।

तत्रैव नाडीचक्रं तु द्वादशारं प्रतिष्ठितम् ।
शरीरं ध्रियते येन वर्तते तत्र कुण्डली ॥22॥
ब्रह्मरन्ध्रं सुषुम्णा या वदनेन पिधाय सा ।
अलम्बुसा सुषुम्णायाः कुहूनाडी वसत्यसौ ॥23॥
अनन्तरारयुग्मे तु वारुणा च यशस्विनी ।
दक्षिणारे सुषुम्णायाः पिङ्गला वर्तते क्रमात् ॥24॥

तदन्तरारयोः पूषा वर्तते च पयस्विनी ।
सुषुम्ना पश्चिमे चारे स्थिता नाडी सरस्वती ॥25॥

वहीं नाड़ीचक्र स्थित है। वह बारह आराओं वाला है। इसी के द्वारा शरीर धारण किया जाता है। उसमें कुण्डली अवस्थित है। नाड़ीचक्र में जो सुषुम्ना नाड़ी है, उसने अपने मुख से ब्रह्मरन्ध्र को ढँककर रखा है। अलम्बुसा और कुहू नाड़ियाँ सुषुम्णा के पास में होती हैं और सुषुम्णा के दाहिनी ओर के आरे में पिंगला नाड़ी अवस्थित है। इसके बाद के दो आरों में पूषा और यशस्विनी—ये दो नाड़ियाँ हैं, और सुषुम्ना के पश्चिम के आरे में सरस्वती नाड़ी है।

शङ्खिनी चैव गान्धारी तदनन्तरयोः स्थिते ।
उत्तरे तु सुषुम्नाया इडाख्या निवसत्यसौ ॥26॥
अनन्तरं हस्तिजिह्वा ततो विश्वोदरी स्थिता ।
प्रदक्षिणक्रमेणैव चक्रस्यारेषु नाडयः ॥27॥
वर्तन्ते द्वादश ह्येता द्वादशानिलवाहकाः ।
पटवत्संस्थिता नाड्यो नानावर्णाः समीरिताः ॥28॥
पटमध्यं तु यत्स्थानं नाभिचक्रं तदुच्यते ।
नादाधारा समाख्याता ज्वलन्ती नादरूपिणी ॥29॥
पररन्ध्रा सुषुम्ना च चत्वारो रत्नपूरिताः ।
कुण्डल्या पिहितं शश्वद्ब्रह्मरन्ध्रस्य मध्यमम् ॥30॥

इसके बाद के दो आरों में शंखिनी और गान्धारी नाड़ियाँ हैं। सुषुम्ना के उत्तर भाग में इडा नाम की नाड़ी रहती है। इसके बाद हस्तिजिह्वा और विश्वोदरी नाडियाँ आयी हुई हैं। इस तरह इस नाडी चक्र के आराओं में दाहिनी ओर के प्रदक्षिणा के क्रम से नाडियाँ आई हुई हैं। ये बारह नाडियाँ हैं। उनमें बारह वायु बह रहे हैं। वे वस्त्र की तरह रही हुई हैं और तरह-तरह के रंगों वाली कही गई हैं। नाभि प्रदेश का जो मध्य स्थान है, उसे नाभिचक्र कहा जाता है। और जो नाडीनाद का आधार है उसे ज्वलन्ती और नादरूपिणी कहा गया है। पररन्ध्रा और सुषुम्ना आदि चार रत्नों से भरपूर हैं। और ब्रह्मरन्ध्र का मध्यभाग सदैव कुण्डली के द्वारा ढँका हुआ ही रहता है। (आवृत होकर रहता है।)

एवमेतासु नाडीषु धरन्ति दश वायवः ।
एवं नाडीगतिं वायुगतिं ज्ञात्वा विचक्षणः ॥31॥
समग्रीवशिरःकायः संवृतास्यः सुनिश्चलः ।
नासाग्रे चैव हृन्मध्ये बिन्दुमध्ये तुरीयकम् ॥32॥
स्रवन्तममृतं पश्येन्नेत्राभ्यां सुसमाहितः ।
अपानं मुकुलीकृत्य पायुमाकृष्य चोन्मुखम् ॥33॥
प्रणवेन समुत्थाप्य श्रीबीजेन निवर्तयेत् ।
स्वात्मानं च श्रियं ध्यायेदमृतप्लावनं ततः ॥34॥

इस प्रकार इन नाडियों में दश वायु धारण किए जाते हैं। इस तरह नाडीगति और वायुगति को जानकर बुद्धिमान मनुष्य को गर्दन, मस्तक और शरीर को सीधा रखकर, मुँह बन्द करके, एकदम निश्चल होकर बैठना चाहिए और नासिका के अग्रभाग में, हृदय के बीच में और बिन्दु के बीच जो तुरीय पद अवस्थित है, उसे एकदम एकाग्र होकर, दोनों नेत्रों से उससे होता हुआ अमृत का स्रवण देखना चाहिए। फिर बाद में अपानवायु का संकोच करके गुदा को ऊँचे खींचना चाहिए। इस प्रकार प्रणवमंत्र

के द्वारा ठीक तौर से उसे ऊपर स्थापित करके लक्ष्मीबीज के द्वारा उसे वापिस लौटाना चाहिए। उस समय अपने आत्मा का लक्ष्मी के रूप में ध्यान करना चाहिए। इससे अमृत के द्वारा तरबतर हुआ जा सकता है।

कालवञ्चनमेतद्धि सर्वमुख्यं प्रचक्षते ।
मनसा चिन्तितं कार्यं मनसा येन सिद्ध्यति ॥35॥
जलेऽग्निज्वलनाच्छाखापल्लवानि भवन्ति हि ।
नाधन्यं जागतं वाक्यं विपरीता भवत्क्रिया ॥36॥
मार्गे बिन्दुं समाबध्य वह्निं प्रज्वाल्य जीवने ।
शोषयित्वा तु सलिलं तेन कायं दृढं भवेत् ॥37॥
गुदयोनिसमायुक्त आकुञ्चत्येककालतः ।
अपानमूर्ध्वगं कृत्वा समानोऽन्ने नियोजयेत् ॥38॥

इसे ही सभी में मुख्य कालवञ्चन कहा जाता है। इसी के द्वारा मन में चिन्तित कार्य मन में ही सिद्ध हो जाता है। "जल स्थान में अग्नि प्रकट करने से भी शाखाएँ और कोंपलें प्रस्फुटित होती हैं—यह जो जगत् का वाक्य है, वह यहाँ अधन्य (अकृतार्थ) नहीं होता (कृतार्थ ही होता है), यहाँ विपरीत क्रिया होती ही है। मार्ग में बिन्दु को बाँधकर, जीवन में अग्नि को प्रज्वलित करके जल को सुखा देना चाहिए, इससे शरीर दृढ़ (मजबूत) बनता है। गुदारूप मूल स्थान में एकाग्र होकर एक ही समय में (उसी समय) अपानवायु का संकोच भी करना चाहिए। और इस तरह उसे ऊर्ध्वगामी बनाकर समान के रूप में जठर के अन्न के साथ जोड़ना चाहिए।

स्वात्मानं च श्रियं ध्यायेदमृतप्लावनं ततः ।
बलं समारभेद्योगं मध्यमद्वारभागतः ॥39॥
भावयेदूर्ध्वगत्यर्थं प्राणापानसुयोगतः ।
एष योगो वरो देहे सिद्धिमार्गप्रकाशकः ॥40॥
यथैवापाङ्गतः सेतुः प्रवाहस्य निरोधकः ।
तथा शरीरगाच्छाया ज्ञातव्या योगिभिः सदा ॥41॥
सर्वासामेव नाडीनामेष बन्धः प्रकीर्तितः ।
बन्धस्यास्य प्रसादेन स्फुटीभवति देवता ॥42॥

उस समय अपने आत्मा का लक्ष्मी के रूप में ध्यान करना चाहिए। इससे अमृत में तरबतर हुआ जा सकता है। यह योग बलरूप है। इसका बीच के द्वारभाग से आरंभ करना चाहिए। प्राण और अपान का सुयोग करके उसकी ऊर्ध्वगति की भावना करनी चाहिए। यह उत्तम योग है और देह में सिद्धि का मार्ग प्रकट करने वाला है। जैसे बीच में मेंड़ (बाँध) बाँधी हो, तो वह पानी के प्रवाह को रोकती है, वैसे ही योगियों के शरीर की छाया के बारे में समझना चाहिए। इसे 'सर्वनाडीबन्ध' कहा जाता है। इस बन्ध के सिद्ध होने पर आत्मारूप देवता स्फुट हो जाता है।

एवं चतुष्पथो बन्धो मार्गत्रयनिरोधकः ।
एकं विकासयन्मार्गं येन सिद्धाः सुसङ्गताः ॥43॥
उदानमूर्ध्वगं कृत्वा प्राणेन सह वेगतः ।
बन्धोऽयं सर्वनाडीनामूर्ध्वं याति निरोधकः ॥44॥

अयं च सम्पुटो योगो मूलबन्धोऽप्ययं मतः ।
बन्धत्रयमनेनैव सिद्ध्यत्यभ्यासयोगतः ॥45॥
दिवारात्रमविच्छिन्नं यामे यामे यदा यदा ।
अनेनाभ्यासयोगेन वायुरभ्यसितो भवेत् ॥46॥

इस प्रकार चार मार्ग वाला यह बन्ध तीन मार्गों को रोकता है, एवं एक मार्ग को खुला कर देता है, जिससे सिद्ध हुए मनुष्यों ने अच्छी तरह से आत्मतत्त्व को प्राप्त कर लिया है। प्राण के साथ उदान वायु को ऊर्ध्वगामी करके तुरन्त ही यह नाडियों का बन्ध किया जा सकता है। वह निरोधक है, इसलिए ऊपर ही ऊपर जाता है। यह सम्पुट योग है। इसे 'मूलबन्ध' भी माना गया है। इसका अभ्यास करने से अन्य तीन बन्ध इसी के द्वारा सिद्ध हो जाते हैं। रात-दिन और प्रहर-प्रहर पर जिस समय इसका अभ्यास किया जाता है, उस-उस समय वायु वश में आने लगता है।

वायावभ्यसिते वह्निः प्रत्यहं वर्धते तनौ ।
वह्नौ विवर्धमाने तु सुखमन्नादि जीर्यते ॥47॥
अन्नस्य परिपाकेन रसवृद्धिः प्रजायते ।
रसे वृद्धिं गते नित्यं वर्धन्ते धातवस्तथा ॥48॥
धातूनां वर्धनेनैव प्रबोधो वर्धते तनौ ।
दह्यन्ते सर्वपापानि जन्मकोट्यर्जितानि च ॥49॥
गुदमेढ्रान्तरालस्थं मूलाधारं त्रिकोणकम् ।
शिवस्य बिन्दुरूपस्य स्थानं तद्धि प्रकाशकम् ॥50॥

इस प्रकार वायु को वश करने का अभ्यास होने पर शरीर में प्रतिदिन अग्नि बढ़ता रहता है और अग्नि के बढ़ने से अन्न आदि आसानी से पच जाते हैं। अन्न का ठीक तरह से पाचन होने से रस की वृद्धि होती है, और रस की वृद्धि होने से दिन-प्रति-दिन धातु की वृद्धि होती रहती है। इस प्रकार से धातुओं के बढ़ने से शरीर में ज्ञान बढ़ जाता है, और करोड़ों जन्मों के सभी पाप जल जाते हैं। गुदा और लिंग के बीच में मूलाधार अवस्थित है, उसके तीन कोने हैं और वही स्थान बिन्दुरूप शिव का प्रकाशक स्थान है।

यत्र कुण्डलिनी नाम परा शक्तिः प्रतिष्ठिता ।
यस्मादुत्पद्यते वायुर्यस्माद्वह्निः प्रवर्धते ॥51॥
यस्मादुत्पद्यते बिन्दुर्यस्मान्नादः प्रवर्धते ।
यस्मादुत्पद्यते हंसो यस्मादुत्पद्यते मनः ॥52॥
मूलाधारादिषट्चक्रं शक्तिस्थानमुदीरितम् ।
कण्ठादुपरि मूर्धान्तं शाम्भवं स्थानमुच्यते ॥53॥
नाडीनामाश्रयः पिण्डो नाड्यः प्राणस्य चाश्रयः ।
जीवस्य निलयः प्राणो जीवो हंसस्य चाश्रयः ॥54॥

वहाँ पर कुण्डलिनी नाम की पराशक्ति का स्थान है। वहाँ से वायु उत्पन्न होता है, और वहीं से अग्नि भी बढ़ती है। वहाँ से बिन्दु उत्पन्न होता है, वहीं से नाद बढ़ता है, वहीं से 'हंस' (सोऽहं मंत्र) भी उत्पन्न होता है, और वहीं से मन उत्पन्न होता है। मूलाधार आदि छः चक्र शक्ति का स्थान कहलाते हैं, और कण्ठ के ऊपर, मस्तक तक 'शांभव स्थान'—आत्मा का स्थान कहा जाता है। यह देह

नाडियों का आश्रयस्थान है, एवं नाडियाँ प्राण का आश्रय है, प्राण जीव का आश्रयस्थान है और जीव का परमात्मा आश्रयस्थान है।

हंसः शक्तेरधिष्ठानं चराचरमिदं जगत् ।
निर्विकल्पः प्रसन्नात्मा प्राणायामं समभ्यसेत् ॥55॥
सम्यग्बन्धत्रयस्थोऽपि लक्ष्यलक्षणकारणम् ।
वेद्यं समुद्धरेन्नित्यं सत्यसन्धानमानसः ॥56॥
रेचकं पूरकं चैव कुम्भमध्ये निरोधयेत् ।
दृश्यमाने परे लक्ष्ये ब्रह्मणि स्वयमाश्रितः ॥57॥
बाह्यस्थविषयं सर्वं रेचकः समुदाहृतः ।
पूरकं शास्त्रविज्ञानं कुम्भकं स्वगतं स्मृतम् ॥58॥

वह हंस शक्ति का मूल स्थान है। वही स्थावर-जंगम जगत् है—ऐसा समझकर, विकल्परहित होकर प्राणायाम का अच्छी तरह से अभ्यास करना चाहिए। जिस मनुष्य को सत्य का (आत्मतत्त्व का) अनुसन्धान करने की मनीषा हुई हो, उसको तीनों बन्धों में अच्छी तरह रहते हुए भी लक्ष्य-लक्षण का कारण और नित्य जाननेयोग्य परम तत्त्व को खोज निकालना चाहिए। परब्रह्मरूप प्रत्यक्ष लक्ष्य में अपनी स्थिति करके रेचक और पूरक प्राणायाम को कुंभक के बीच में रोककर बहुत अभ्यास करके अन्त में कुंभक में स्थिति कर देनी चाहिए। बाहर के सभी विषय रेचक कहलाते हैं। शास्त्रों का अनुभव ज्ञान पूरक है और अपने में रहा हुआ परम तत्त्व कुंभक कहलाता है।

एवमभ्यासचित्तश्चेत्स मुक्तो नात्र संशयः ।
कुम्भकेन समारोप्य कुम्भकेनैव पूरयेत् ॥59॥
कुम्भेन कुम्भयेत्कुम्भं तदन्तस्थः परं शिवम् ।
पुनरास्फालयेदद्य सुस्थिरं कण्ठमुद्रया ॥60॥
वायूनां गतिमावृत्य धृत्वा पूरककुम्भकौ ।
समहस्तयुगं भूमौ समं पादयुगं तथा ॥61॥
वेधकक्रमयोगेन चतुष्पीठं तु वायुना ।
आस्फालयेन्महामेरुं वायुवक्त्रे प्रकोटिभिः ॥62॥

इस प्रकार अभ्यास करने में यदि चित्त लग जाए, तो वह मुक्त हो जाता है, इसमें कोई भी सन्देह नहीं है। कुम्भक से चढ़ाकर कुम्भक को ही पूरक करना चाहिए। फिर उस कुंभक से ही कुंभक करना चाहिए। और उसके अन्दर स्थिति करके परमशिव का ध्यान करना चाहिए और फिर कण्ठमुद्रा से अत्यन्त स्थिरता से फिर से आस्फालन (कुम्भक द्वारा ही वायु का संचरण) करना चाहिए। वायुओं की गति को घेरकर, पूरक और कुम्भक धारण करके दोनों हाथ सीधे रखने चाहिए, और पृथ्वी पर दोनों पैर भी सीधे रखने चाहिए। वेधक क्रम के योग से वायु के द्वारा वायु के मुख में प्रकोटियों से चार पीठवाले महामेरु का आस्फालन करना चाहिए। (वेधक योग अर्थात् ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र ग्रन्थियों का वेध।)

पुटद्वयं समाकृष्य वायुः स्फुरति सत्त्वरम् ।
सोमसूर्याग्निसम्बन्धाज्जानीयादमृताय वै ॥63॥
मेरुमध्यगता देवाश्चलन्ते मेरुचालनात् ।
आदौ सञ्जायते क्षिप्रं वधोऽस्य ब्रह्मग्रन्थितः ॥64॥

ब्रह्मग्रन्थिं ततो भित्त्वा विष्णुग्रन्थिं भिनत्त्यसौ ।
विष्णुग्रन्थिं ततो भित्त्वा रुद्रग्रन्थिं भिनत्त्यसौ ॥65॥
रुद्रग्रन्थिं ततो भित्त्वा छित्वा मोहमलं तथा ।
अनेकजन्मसंस्कारगुरुदेवप्रसादतः ॥66॥

जिस समय वायु सोम, सूर्य तथा अग्नि के सम्बन्ध से तुरन्त ही दोनों नासापुटों को खींचकर स्फुरित होता है, तब वह अमृत देने वाला होता है, ऐसा समझना चाहिए। मेरु का संचालन करने से मेरु के मध्य में रहते हुए देव चलित होते हैं, और तुरन्त ही प्रथम ग्रन्थि के द्वारा उसका वेध होता है। बाद में ब्रह्मग्रन्थि भेदकर वह योगी विष्णुग्रन्थि को भेदता है। और विष्णुग्रन्थि को भेदकर रुद्रग्रन्थि को भेदता है। रुद्रग्रन्थि को भेदकर अनेक जन्मों के संस्कारों तथा गुरु की कृपा से मोहरूपी मैल को काटकर वह परमपद को प्राप्त हो जाता है।

योगाभ्यासात्ततो वेधो जायते तस्य योगिनः ।
इडापिङ्गलयोर्मध्ये सुषुम्नानाडिमण्डले ॥67॥
मुद्राबन्धविशेषेण वायुमूर्ध्वं च कारयेत् ।
ह्रस्वो दहति पापानि दीर्घो मोक्षप्रदायकः ॥68॥
आप्यायनः प्लुतो वापि त्रिविधोच्चारणेन तु ।
तैलधारामिवाच्छिन्नं दीर्घघण्टानिनादवत् ॥69॥
अवाच्यं प्रणवस्याग्रं यस्तं वेद स वेदवित् ।
ह्रस्वं बिन्दुगतं दैर्घ्यं ब्रह्मरन्ध्रगतं प्लुतम् ।
द्वादशान्तगतं मन्त्रं प्रसादं मन्त्रसिद्धये ॥70॥

इस प्रकार योगाभ्यास करने के बाद, उस योगी को इडा और पिंगला के बीच की सुषुम्ना नाडी के मण्डल में वेध होता है। इसके लिए मुद्रा तथा बन्धों की विशेषता के द्वारा वायु को ऊर्ध्व गतिवाला करना चाहिए। वह वायु ह्रस्व होता है, तो पापों को जलाता है, और दीर्घ होता है तो मोक्षदायक होता है, और प्लुत हो तो पुष्टिकारक होता है। इस प्रकार तीन प्रकार के उच्चारणों से वह युक्त होता है। घण्ट के दीर्घ निनाद जैसा और तेल की धारा की तरह अविच्छिन्न ऐसा प्रणव का जो अग्र भाग है, वह अवर्णनीय है। उसे जो जानता है, वह वेदवेत्ता है। इस प्रणवमंत्र के ह्रस्व भाग को बिन्दु में अवस्थित मानकर तथा दीर्घ भाग को ब्रह्मरन्ध्र में तथा प्लुत भाग को द्वादशार चक्र के अन्त में अवस्थित मानकर ध्यान करना चाहिए, जिससे प्रसादरूप होकर वह मंत्र की सिद्धि के लिए हो।

सर्वविघ्नहरश्चायं प्रणवः सर्वदोषहा ।
आरम्भश्च घटश्चैव पुनः परिचयस्तथा ॥71॥
निष्पत्तिश्चेति कथिताश्चतस्रस्तस्य भूमिकाः ।
कारणत्रयसम्भूतं बाह्यं कर्म परित्यजन् ॥72॥
आन्तरं कर्म कुरुते यत्रारम्भः स उच्यते ।
वायुः पश्चिमतो वेधं कुर्वन्नापूर्य सुस्थिरम् ॥73॥
यत्र तिष्ठति सा प्रोक्ता घटाख्या भूमिका बुधैः ।
न सजीवो न निर्जीवः काये तिष्ठति निश्चलम् ।
यत्र वायुः स्थिरः खे स्यात्सेयं प्रथम भूमिका ॥74॥

यह प्रणवमंत्र सभी विघ्नों को हरने वाला और सर्वदोषों का नाश करने वाला है। इसकी चार भूमिकाएँ हैं—आरंभ, घट, परिचय और निष्पत्ति। उनमें आरंभ यह है कि जहाँ मन-कर्म-वचन—तीनों से होते हुए बाह्य कर्मों का त्याग करके भीतर के ही कर्म किए जाते हैं। विद्वानों ने घट नाम की दूसरी भूमिका ऐसे बताई है कि जिसमें पश्चिम से वेध करता हुआ वायु चारों ओर से पूर्ण होकर अत्यन्त स्थिर रहता हो। जिसमें वायु सजीव भी न हो और निर्जीव भी न हो, ऐसा वायु शरीर में स्थिर रहे और हृदयाकाश में स्थित बना रहे उसे प्रथम परिचय नाम की भूमिका कहा गया है।

यत्रात्मना सृष्टिलयौ जीवन्मुक्तिदशागतः ।
सहजः कुरुते योगं सेयं निष्पत्तिभूमिका ॥75॥ इति ।

और जिसमें जीवन्मुक्ति में पहुँचा हुआ मनुष्य सहजस्वरूप बनकर स्वयं ही सृष्टि तथा लय को कर सकता हो, वह निष्पत्ति भूमिका है।

एतदुपनिषदं योऽधीते सोऽग्निपूतो भवति। स वायुपूतो भवति। सुरापानात्पूतो भवति। स्वर्णस्तेयात्पूतो भवति। स जीवन्मुक्तो भवति। तदेतदृचाभ्युक्तम्। तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्। तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते। विष्णोर्यत्परमं पदमित्युपनिषत् ॥76॥

इति पञ्चमोऽध्यायः ।

इति वराहोपनिषत्समाप्ता ।

इस प्रकार इस उपनिषद् को जो जानता है, वह अग्नि जैसा पवित्र हो जाता है, वह वायु जैसा पवित्र हो जाता है, वह सुरापान के पाप से मुक्त होता है, वह सुवर्ण की चोरी के पाप से मुक्त हो जाता है, वह जीवन्मुक्त हो जाता है। ऐसा ही ऋचा में कहा गया है—"विष्णु के उस परम पद को आकाश में फैले हुए चक्षु की भाँति ज्ञानी लोग सदैव देखते हैं। विष्णु का जो परम पद है, उसमें जाग्रत् रहने वाले ब्रह्मज्ञानी क्रोधरहित होकर अच्छी तरह से प्रकाशित हो रहे हैं।

यहाँ पाँचवाँ अध्याय पूरा हुआ ।
इस प्रकार वराहोपनिषत् समाप्त होती है ।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ ... मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(102) शाट्यायनीयोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

शुक्लयजुर्वेदीय यह उपनिषद् 40 मंत्रों की है। इसमें विष्णुलिंग संन्यासधर्म का विवेचन किया गया है। इसमें मन का बन्धन और मोक्ष का हेतुत्व, साधन-चतुष्टय सम्पत्ति, कुटीचक के धर्म, चार प्रकार के संन्यासी और उनके धर्म, कुटीचकों के जप-यज्ञ आदि, योगयज्ञ आदि चार प्रकार के यज्ञ, परिव्राजकों के कर्तव्य, उनके वासस्थान आदि के नियम, आत्मज्ञानी की स्थिति, आरूढच्युतत्व में प्रत्यवाय विष्णु के लिंगद्वय का अनुवर्तन—ये विषय प्रतिपादित किए हुए हैं।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं—पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पँगलोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम् ॥1॥
समासक्तं सदा चित्तं जन्तोर्विषयगोचरे।
यद्येवं ब्रह्मणि स्यात्तत्को न मुच्येत बन्धनात् ॥2॥
चित्तमेव हि संसारस्तत्प्रयत्नेन शोधयेत्।
यच्चित्तस्तन्मयो भाति गुह्यमेतत्सनातनम् ॥3॥
नावेदविन्मनुते तं बृहन्तं नाब्रह्मवित्परमं प्रैति धाम।
विष्णुक्रान्तं वासुदेवं विजानन्विप्रो विप्रत्वं गच्छते तत्त्वदर्शी ॥4॥

मन ही मनुष्य के बन्ध और मोक्ष का कारण होता है। विषयों में आसक्त मन बन्ध के लिए होता है, और विषयों से रहित मन मोक्ष के लिए होता है। जैसा प्राणी का चित्त विषयों की ओर आसक्त होता है, वैसा ही यदि ब्रह्म में आसक्त होता तो बन्धन से कौन मुक्त नहीं होता ? (सभी मुक्त हो जाते) चित्त ही संसार है, उसे प्रयत्नपूर्वक शुद्ध करना चाहिए। जैसा मनुष्य का चित्त होता है, वैसा ही वह होता है, यह सनातन और गूढ सत्य है। वेदतत्त्व को न जानने वाले के लिए तो विराट् है ही नहीं। वह उसे मानता ही नहीं। ब्रह्म को नहीं जानने वाला उस परमधाम को प्राप्त ही नहीं कर सकता। उस सर्वान्तर्यामी सर्वज्ञ वासुदेव को जानने वाला ब्राह्मण ही तत्त्वदर्शी होकर अपने स्वरूप को प्राप्त कर सकता है।

अथ ह यत्परं ब्रह्म सनातनं ये श्रोत्रिया अकामहता अधीयुः।
शान्तो दान्त उपरतस्तितिक्षुर्योऽनूचानो ह्यभिजज्ञौ समानः।

त्यक्तेषणो ह्यनृणस्तं विदित्वा मौनी वसेदाश्रमे यत्र कुत्र ॥5॥
अथाश्रमं चरमं संप्रविश्य यथोपपत्तिं पञ्चमात्रां दधानः ॥6॥

अब जो श्रोत्रिय—वेदरहस्यज्ञ लोग इस सनातन परब्रह्म को किसी कामना के बिना ही समझ लेते हैं, वे ब्रह्मस्वरूप ही हो जाते हैं। ऐसा पुरुष शान्त, संयमी, विषयभोगों से उपरत (पराङ्मुख), सहनशील, वेदज्ञ, एषणाओं से रहित, गुरु-देव-पितृ ऋणों से मुक्त होकर मुमुक्षु के समान बनकर उस परमतत्त्व (ब्रह्म) को जान कर, मौनी बनकर, जहाँ-कहीं भी आश्रम में निवास करे। इसके बाद अन्तिम संन्यासाश्रम में प्रविष्ट होकर यथासाध्य त्रिदण्ड आदि पंच मात्राओं को स्वीकार करता हुआ मोक्ष प्राप्त करे।

त्रिदण्डमुपवीतं च वासः कौपीनवेष्टनम्।
शिक्यं पवित्रमित्येतद् बिभृयाद्यावदायुषम् ॥7॥
पञ्चैतास्तु यतेर्मात्रास्ता मात्रा ब्रह्मणे श्रुताः।
न त्यजेद्यावदुत्क्रान्तिरन्तेऽपि निखनेत्सह ॥8॥
विष्णुलिङ्गं द्विधा प्रोक्तं व्यक्तमव्यक्तमेव च।
तयोरेकमपि त्यक्त्वा पतत्येव न संशयः ॥9॥
त्रिदण्डं वैष्णवं लिङ्गं विप्राणां मुक्तिसाधनम्।
निर्वाणं सर्वधर्माणामिति वेदानुशासनम् ॥10॥

और जहाँ तक आयुष्य रहे, वहाँ तक त्रिदण्ड, उपवीत, वस्त्र, लंगोटी, छींका और पवित्री धारण करे। यति की ये पाँचों मात्राएँ ब्रह्म (ॐकार) में समाहित हैं। इनका त्याग कभी नहीं करना चाहिए। इन सभी को मृत्यु आने पर शरीर के साथ जमीन में गाड़ देना चाहिए। विष्णुलिंग व्यक्त और अव्यक्त के भेद से दो प्रकार का होता है। संन्यासी यदि इन दोनों में से एक को भी छोड़ेगा तो वह पथभ्रष्ट हो जाएगा, इसमें कोई सन्देह नहीं है। त्रिदण्ड को वैष्णवलिंग के रूप में जाना जाता है। यह चिह्न ब्राह्मणों को मुक्तिप्रदायक होता है। यह चिह्न वेद का अनुशासन रूप तथा सर्व धर्मों का निर्वाण माना जाता है।

अथ खलु सौम्य कुटीचको बहूदको हंसः परमहंस इत्येते परिव्राजकाश्चतुर्विधा भवन्ति। सर्व एते विष्णुलिङ्गिनः शिखिन उपवीतिनः शुद्धचित्ता आत्मानमात्मना ब्रह्म भावयन्तः शुद्धचिद्रूपोपासनरता जपयमवन्तो नियमवन्तः सुशीलिनः पुण्यश्लोका भवन्ति। तदेतदृचाभ्युक्तम्।
कुटीचको बहूदकश्चापि हंसः परमहंस इव वृत्त्या च भिन्नाः।
सर्व एते विष्णुलिङ्गं दधाना वृत्त्या व्यक्तं बहिरन्तश्च नित्यम् ॥11॥

अब हे सौम्य ! कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस—ये चार प्रकार के परिव्राजक (संन्यासी) होते हैं। ये सभी विष्णुलिंग वाले, शिखावाले, उपवीत धारण करने वाले, शुद्ध मनवाले, अपने आत्मा में ही ब्रह्म की भावना करने वाले, शुद्ध चैतन्य की उपासना में ही परायण, जप और संयम वाले, नियमों को पालने वाले, शीलवान और पवित्र कीर्तिवाले होते हैं। यह बात इस ऋचा में भी कही गई है कि—कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस—ये चार भेद तो प्रकृति (सहज रुचि) के अनुसार किए गए हैं। ये सदा व्यक्त और अव्यक्त तथा बाह्य और आन्तरिक विष्णुलिंग को धारण करने वाले होते हैं।

पञ्चयज्ञा वेदशिरःप्रविष्टाः क्रियावन्तोऽमी संगता ब्रह्मविद्याम् ।
त्यक्त्वा वृक्षं वृक्षमूलं श्रितासः संन्यस्तपुष्पा रसमेवाश्नुवानाः ।
विष्णुक्रीडा विष्णुरतयो विमुक्ता विष्ण्वात्मका विष्णुमेवापियन्ति ॥12॥

वे पंचयज्ञ वाले (जप, तप, स्वाध्याय, योग और ज्ञान वाले) होते हैं, तथा वेदों के मस्तक (उपनिषदों) में प्रविष्ट होते हैं। वे अपने-अपने धर्मानुकूल कर्म करने वाले होते हैं, तथा ब्रह्मविद्या के साथ संगति किए हुए होते हैं। वे इस संसाररूपी वृक्ष को छोड़कर संसारवृक्ष के मूल (ब्रह्म) का आश्रय करने वाले होते हैं। सभी कर्मकाण्डरूपी पुष्पों को वे छोड़ देते हैं और सारभूत तत्त्व का ही आस्वाद करते हैं। वे केवल विष्णु में ही रमण करते हैं, विष्णु में ही प्रीति करते हैं, वे विमुक्त हैं, विष्णुस्वरूप ही हैं और केवल विष्णु के ही पूजाध्यानादि से कृतार्थ होते हैं।

त्रिसन्ध्यं शक्तितः स्नानं तर्पणं मार्जनं तथा ।
उपस्थानं पञ्चयज्ञान्कुर्यादामरणान्तिकम् ॥13॥
दशभिः प्रणवैः सप्तव्याहृतिभिश्चतुष्पदा ।
गायत्रीजप यज्ञश्च त्रिसन्ध्यं शिरसा सह ॥14॥

इस प्रकार के परिव्राजक को मरणपर्यन्त तीनों सन्ध्याओं में यथाशक्ति स्नान, तर्पण, मार्जन, उपस्थान और पाँच यज्ञ करते रहना चाहिए। और तीनों सन्ध्याओं में दश प्रणव (ॐकार) तथा सात व्याहृतियों (भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम्) के साथ तथा 'आपो ज्योती' इत्यादि शिर के साथ चतुष्पाद गायत्री का जाप और यज्ञ करना चाहिए।

योगयज्ञः सदैकाग्र्यभक्त्या सेवा हरेर्गुरोः ।
अहिंसा तु तपोयज्ञो वाङ्मनःकायकर्मभिः ॥15॥
नानोपनिषदभ्यासः स्वाध्यायो यज्ञ ईरितः ।
ओमित्यात्मानमव्यग्रो ब्रह्मण्यग्नौ जुहोति यत् ॥16॥
ज्ञानयज्ञः स विज्ञेयः सर्वयज्ञोत्तमोत्तमः ।
ज्ञानदण्डा ज्ञानशिखा ज्ञानयज्ञोपवीतिनः ॥17॥
शिखा ज्ञानमयी यस्य उपवीतं च तन्मयम् ।
ब्राह्मण्यं सकलं तस्य इति वेदानुशासनम् ॥18॥

उसे सदैव एकाग्रभक्ति से योग, यज्ञ, हरि और गुरु की सेवा और मन-वाणी-शरीर और कर्मों से अहिंसा, तप और यज्ञ करते रहना चाहिए। विविध उपनिषदों के अभ्यास को स्वाध्याय यज्ञ कहा जाता है। अव्यग्र होकर ॐकार के उच्चारणपूर्वक आत्मा का ब्रह्मरूपी अग्नि में होम जो किया जाता है, उसे ही ज्ञानयज्ञ जानना चाहिए। वह सभी यज्ञों में उत्तमोत्तम यज्ञ है। इस यज्ञ के करने वालों का ज्ञान ही दण्ड होता है, ज्ञान ही शिखा होती है, ज्ञान ही यज्ञोपवीत होता है। इस प्रकार जिसकी शिखा ज्ञानमयी होती है, उपवीत भी ज्ञानमय होता है, उसके लिए सभी वस्तुएँ ब्रह्ममय हैं, ऐसा वेद का अनुशासन है।

अथ खलु सोम्यैते परिव्राजका यथा प्रादुर्भवन्ति तथा भवन्ति ।
कामक्रोधलोभमोहदम्भदर्पासूयाममत्वाहंकारादींस्तितीर्य मानावमानौ
निन्दास्तुती च वर्जयित्वा वृक्ष इव तिष्ठासेत् । छिद्यमानो न ब्रूयात् । तदेवं

विद्वांस इहैवामृता भवन्ति । तदेतदृचाभ्युक्तम् । बन्धुपुत्रमनुमोदयित्वान-
वेक्ष्यमाणो द्वन्द्वसहः प्रशान्तः । प्राचीमुदीचीं वा निर्वर्तयंश्चरेत ॥19॥

अब हे सौम्य ! ये परिव्राजक कैसे प्रादुर्भूत होते हैं, यह कहा जाता है—काम, क्रोध, लोभ, मोह, दम्भ, दर्प, असूया, ममत्व, अहंकार आदि को पार करके मान-अपमान तथा निन्दा-स्तुति को छोड़कर वृक्ष की तरह निश्चल बैठने की इच्छा होनी चाहिए। काटे जाने पर भी कुछ कहना नहीं चाहिए। तो ऐसा जानने-बरतने वाले यहीं (इसी लोक में) अमृतरूप हो जाते हैं। यही ऋग्वेद की ऋचा में भी कहा है—भाइयों और पुत्रों की अनुमति लेकर (उनका पालन-पोषण करके) फिर कभी उनकी ओर न देखते हुए, शीत-उष्णादि द्वन्द्वों को सहन करता हुआ वह पूर्व या उत्तर की ओर चला जाए।

पात्री दण्डी युगमात्रावलोकी शिखी मुण्डी चोपवीती कुटुम्बी ।
यात्रामात्रं प्रतिगृह्णन्मनुष्यात् अयाचितं याचितं वोत भैक्षम् ॥20॥
मृद्दार्वलाबूफलतन्तुपर्णपात्रं तत्तथा यथा तु लब्धम् ।
क्षीणं क्षामं तृणं कन्थाजिने च पर्णमाच्छादनं स्यादहतं वा विमुक्तः ॥21॥

पात्रवाला, दण्डधारी, केवल जीव-परमात्मा को ही देखने वाला, शिखाधारी, मुंडित, उपवीतरूपी कुटुम्बवाला वह अपनी प्राणयात्रा के लिए ही मनुष्यों से भिक्षा माँगकर निरन्तर विचरण करे। मिट्टी या काष्ठ की तुम्बी, नारियल का या नारियल के रेशों से निर्मित जैसा मिले वैसा पात्र वह ग्रहण करे। एक चटाई, वृक्षों की छाल या सूखे घास से बनी कथरी, कृष्णमृगचर्म तथा कीड़ों द्वारा न खाए गए हों, ऐसे पत्तों से बनी ओढ़नी (उत्तरीय) उस संन्यासी को धारण करना चाहिए। (श्रीफल के रेशों की चटाई भी हो सकती है।)

ऋतुसन्धौ मुण्डयेन्मुण्डमात्रं नाधो नाक्षं जातु शिखां न वापयेत् ।
चतुरो मासान्धुवशीलतः स्यात्स यावत्सुप्तोऽन्तरात्मा पुरुषो विश्वरूपः ॥22॥
अन्यानथाष्टौ पुनरुत्थितेस्मिन्स्वकर्मलिप्सुर्विहरेद्वा वसेद्वा ।
देवाग्न्यगारे तरुमूले गुहायां वसेदसङ्गोऽलक्षितशीलवृत्तः ।
अनिन्धनो ज्योतिरिवोपशान्तो न चोद्विजेदुद्विजेद्यत्र कुत्र ॥23॥

हंस संन्यासी को ऋतुसन्धि के समय मुण्डन करवाना चाहिए। पर कुटीचक संन्यासी को तो शिखा कभी नहीं कटवानी चाहिए। जब विश्वरूप विराट् भगवान् नारायण शयन करते हैं, तब तक (चौमासा में) एक ही स्थान पर रहकर चित्त स्थिर रखकर उसे निवास करना चाहिए। इस प्रकार श्रवण-ध्यान-समाधि आदि की प्राप्ति को चाहने वाले संन्यासी को स्वकर्म करते हुए एक स्थान पर ही रह जाना चाहिए अथवा तो उसे अन्यत्र आश्रय प्राप्त कर लेना चाहिए। उसको अपना निवास किसी देवालय में, किसी वृक्ष के मूल में (नीचे) अथवा नजदीक की किसी गुफा में कर लेना चाहिए। वहाँ संगरहित और सर्वथा अलक्षित (जनसंपर्क से दूर) रहकर काष्ठरहित अग्नि की तरह शान्तचित्त रहना चाहिए। उसे किसी को भी देखकर क्षुब्ध नहीं होना चाहिए, और सभी में आत्मबुद्धि कर लेनी चाहिए।

आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः ।
किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसञ्ज्वरेत् ॥24॥
तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत् ॥25॥

बाल्येनैव हि तिष्ठासेन्निर्विद्य ब्रह्मवेदनम् ।
ब्रह्मविद्यां च बाल्यं च निर्विद्य मुनिरात्मवान् ॥26॥
यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामो येऽस्य हृदि श्रिताः ।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ॥27॥

मनुष्य यदि अपनी आत्मा को ही, "मैं ब्रह्म हूँ"—इस तरह जान ले तो फिर क्या चाहता हुआ, किसके काम के लिए वह अपने शरीर का शोषण या पोषण करे ? धीर पुरुष को उसी को जानकर (ब्रह्म को जानकर) उसी में अपनी बुद्धि को स्थिर कर देना चाहिए । ऐसे ब्रह्मज्ञ को अन्यान्य दूसरे शब्दों का ध्यान नहीं करना चाहिए, क्योंकि वह तो मात्र वाणी को थकाने वाली बात है । वैराग्ययुक्त होकर रहने की इच्छा करनी चाहिए । ब्रह्म के सिवा और कुछ है ही नहीं—ऐसा विश्वास करके (निश्चय करके) ब्रह्म को पहचान लेना चाहिए और वैराग्य को भली भाँति समझकर आत्मा में ही रमण करते हुए सभी को आत्मवत् ही देखना चाहिए । जब इसके हृदय में रही हुई सभी कामनाएँ छूट जाती हैं, तब मर्त्य अमर्त्य बन जाता है और ब्रह्म का रसास्वादन करने लगता है ।

अथ खलु सोम्येदं परिव्राज्यं नैष्ठिकमात्मधर्मं यो विजहाति स वीरहा भवति । स ब्रह्महा भवति । स भ्रूणहा भवति । स महापातकी भवति । य इमां वैष्णवीं निष्ठां परित्यजति । स स्तेनो भवति । गुरुतल्पगो भवति । स मित्रध्रुग्भवति । स कृतघ्नो भवति । स सर्वस्माल्लोकात्प्रच्युतो भवति । तदेतदृचाभ्युक्तम् ।
स्तेनः सुरापो गुरुतल्पगामी मित्रध्रुगेते निष्कृतेर्यान्ति शुद्धिम् ।
व्यक्तमव्यक्तं वा विधृतं विष्णुलिङ्गं त्यजन्न शुध्येदखिलैरात्म गसा ॥28॥

अब हे सौम्य ! जो कोई यदि यह नैष्ठिक आत्मधर्मरूप संन्यस्त को छोड़ देता है, वह वीर का हत्यारा होता है, वह ब्राह्मण का हत्यारा होता है, वह भ्रूण का हत्यारा होता है, वह बड़ा ही पातकी होता है । जो इस वैष्णवी निष्ठा को छोड़ देता है, वह चोर होता है, वह गुरुशय्या पर बैठने का पाप प्राप्त करता है (गुरुस्त्रीगमन का पाप पाता है), वह मित्रद्रोही बनता है, वह कृतघ्न होता है, वह सभी लोकों से पतित होता है । यह बात एक ऋचा में भी कही गई है कि—कोई चोर, शराब पीने वाला, गुरुपत्नीगामी और मित्रद्रोही तो प्रायश्चित्त के द्वारा आत्मा के प्रकाश के कारण शुद्धि को प्राप्त कर लेते हैं, परन्तु व्यक्त या अव्यक्त विष्णुलिंग को एक बार धारण करके फिर छोड़ देने वाला तो समग्र प्रायश्चित्तों से भी शुद्धि नहीं पा सकता ।

त्यक्त्वा विष्णोर्लिङ्गमन्तर्बहिर्वा यः स्वाश्रमं सेवतेऽनाश्रमं वा ।
प्रत्यापत्तिं भजते वातिमूढो नैषां गतिः कल्पकोट्यापि दृष्टा ॥29॥
त्यक्त्वा सर्वाश्रमान्धीरो वसेन्मोक्षाश्रमे चिरम् ।
मोक्षाश्रमात्परिभ्रष्टो न गतिस्तस्य विद्यते ॥30॥
पारिव्राज्यं गृहीत्वा तु यः स्वधर्मे न तिष्ठति ।
तमारूढच्युतं विद्यादिति वेदानुशासनम् ॥31॥

तो मनुष्य विष्णु के बहिर्लिंग या अन्तर्लिंग को छोड़कर फिर अपने आश्रम में स्थित हो या अनाश्रम (आश्रमहीन) अवस्था में रहता है, तो वह अतिमूढ पुरुष अपने जीवन में पल-पल पर

विपत्तियाँ प्राप्त करता है और अनन्त जन्मों तक (कल्प कोटियों में भी) उसकी सद्गति नहीं होती । जो पुरुष सभी आश्रमों को छोड़कर मोक्षाश्रम में ही लम्बे समय तक रहता है, वह फिर जब उस मोक्षाश्रम से परिभ्रष्ट हो जाता है, तब तो उसकी फिर कोई भी गति नहीं है । परिव्राजक आश्रम को ग्रहण करके फिर जो मनुष्य अपने उस धर्म में स्थित नहीं रहता उसको 'आरूढच्युत' (चढ़कर गिरा हुआ) कहा जाता है, ऐसा वेद का अनुशासन है ।

अथ खलु सोम्येमं सनातनमात्मधर्मं वैष्णवीं निष्ठां लब्ध्वा यस्तामदूषयन्वर्तते स वशी भवति । स पुण्यश्लोको भवति । स लोकज्ञो भवति । स वेदान्तज्ञो भवति । स ब्रह्मज्ञो भवति । स सर्वज्ञो भवति । स स्वराड् भवति । स परं ब्रह्म भगवन्तमाप्नोति । स पितॄन्सम्बन्धिनो बान्धवान्सुहृदो मित्राणि च भवादुत्तारयति ॥32॥

अब हे सौम्य ! जो मनुष्य इस वैष्णवी निष्ठारूप सनातन आत्मधर्म को प्राप्त करके इस निष्ठा को दूषित न करते हुए उसी में अवस्थित रहता है, वह संयमी है, वह पवित्र नाम (कीर्ति) वाला है, वह सभी लोकों को जानने वाला होता है, वह वेदान्त को जानने वाला होता है, वह ब्रह्मज्ञ होता है, वह सर्वज्ञ होता है, वह स्वराट् होता है, वह परब्रह्म रूप भगवान् को प्राप्त करता है, वह अपने पितृओं को, सम्बन्धियों को, भाइयों को, हितैषियों को और मित्रों को संसार-सागर से पार उतार देता है ।

तदेतदृचाभ्युक्तम्—
शतं कुलानां प्रथमं बभूव तथा पराणां त्रिशतं समग्रम् ।
एते भवन्ति सुकृतस्य लोके येषां कुले संन्यसतीह विद्वान् ॥33॥
त्रिंशत्परांस्त्रिंशदपरांस्त्रिशच्च परतः परान् ।
उत्तारयति धर्मिष्ठः परिव्राडिति वै श्रुतिः ॥34॥
संन्यस्तमिति यो ब्रूयात्कण्ठस्थप्राणवानपि ।
तारिताः पितरस्तेन इति वेदानुशासनम् ॥35॥

ऐसा वेद की दो ऋचाओं में भी कहा गया है—जिसके कुल में कोई यदि संन्यास लेता है, तो उसके कुल में पहले की सौ पीढ़ियों और बाद की तीन सौ पीढ़ियों में जन्म ग्रहण करने वालों का उद्धार हो जाता है । ऐसे उत्तम कृत्य करने वाले विद्वान् संन्यासी तो कभी-कभी ही इस लोक में जन्म लेकर कृतार्थ कर देते हैं । विद्वान् संन्यासी तीस बाद की और तीस पहले की तथा तीस बाद के भी बाद की पीढ़ियों को तार देता है, ऐसा श्रुति कहती है । प्राणों के कण्ठगत होने पर (मरण के समीप आने पर) भी जो इस प्रकार कहे दे कि 'मैंने संन्यास लिया है' तो ऐसा समझना चाहिए कि उसने पितृओं को तार दिया । ऐसी वेद की आज्ञा है ।

अथ खलु सोम्येमं सनातनमात्मधर्मं वैष्णवीं निष्ठां नासमाप्य प्रब्रूयात् । नानूचानाय नानात्मविदे नावीतरागाय नाविशुद्धाय नानुपसन्नाय नाप्रयतमानसायेति ह स्माहुः । तदेतदृचाभ्युक्तम्–
विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय मां शेवधिष्टेहमस्मि ।
असूयकायानृजवे शठाय मा मा ब्रूया वीर्यवती तथा स्याम् ॥36॥

हे सौम्य ! इस सनातन आत्मधर्मरूप वैष्णवी विद्या को स्वयं आचरण किये बिना किसी को कहनी नहीं चाहिए। यह विद्या वेदाध्ययनरहित को, आत्मा को नहीं जानने वाले को, वैराग्य रहित को, अविशुद्ध (मलिन) को, जो गुरु के पास न आया हो, उसको तथा जिसका मन संयत न हो उसको तथा अतत्पर को नहीं कहनी चाहिए, ऐसा कहा गया है। एक ऋचा में भी यही बात कही गई है—विद्या ब्राह्मण के पास आई और कहने लगी कि मेरा रक्षण करो। मैं तुम्हारी निधि हूँ। असूयावाले, कपटी और दुष्ट (नीच) के आगे मुझे न कहो। तभी मैं वीर्यवान् (बलवान) हो सकती हूँ।

यमेवैष विद्याच्छुचिमप्रमत्तं मेधाविनं ब्रह्मचर्योपपन्नम्।
अस्मा इमामुपसन्नाय सम्यक् परीक्ष्य दद्याद्वैष्णवीमात्मनिष्ठाम् ॥37॥
अध्यापिता ये गुरुं नाद्रियन्ते विप्रा वाचा मनसा कर्मणा वा।
यथैव तेन न गुरुर्भोजनीयस्तथैव चान्नं न भुनक्ति श्रुतं तत् ॥38॥

इस आत्मनिष्ठ वैष्णवी विद्या को, जिसे पवित्र, मेधावी, सावधान, अभिमानशून्य और ब्रह्मचारी समझे, उस पास में आए जिज्ञासु को ही देना चाहिए। और देने से पहले उसकी ठीक-ठाक परीक्षा भी लेनी चाहिए। गुरु के द्वारा पढ़ाए गए जो लोग मन, वाणी और कर्म के द्वारा गुरु का आदर नहीं करते, वे जैसे अपने गुरु को नहीं खिलाते-पिलाते, वैसे श्रवण-ज्ञान को वे भी नहीं खा सकते (पचा सकते)। अथवा तो ऐसे लोगों के अन्न को हितैषी लोग ग्रहण नहीं करते और गुरु भी स्वीकार नहीं करते। वैसे यह यति भी उस कृतघ्न का अन्न न ग्रहण करे, ऐसा श्रुति का वचन है।

गुरुरेव परो धर्मो गुरुरेव परा गतिः।
एकाक्षरप्रदातारं यो गुरुं नाभिनन्दति।
तस्य श्रुतं तपो ज्ञानं स्रवत्यामघटाम्बुवत् ॥39॥
यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ।
स ब्रह्मवित्परं प्रेयादिति वेदानुशासनम् ॥ इत्युपनिषत्।

इति शाट्यायनीयोपनिषत्समाप्ता।

गुरु ही परमधर्म है, गुरु ही परम गति है। जो मनुष्य उन एकाक्षर—प्रणवमंत्र के दाता गुरु का आदर नहीं करता, उसका सुना हुआ सब ज्ञान कच्चे घड़े के भीतर के जल की तरह द्रवित हो जाता है। जिस मनुष्य की जैसी देवताओं पर भक्ति होती है, वैसी ही गुरु पर भी होती है, वह ब्रह्मज्ञानी परमपद को प्राप्त करता है, ऐसा वेद का वचन है।

इस प्रकार शाट्यायनीयोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं.....पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(103) हयग्रीवोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह अथर्ववेदीय उपनिषद् है। इसमें नारद जी और ब्रह्मा का संवाद है। नारदजी को ब्रह्मविद्या की जिज्ञासा हुई। ब्रह्माजी ने उन्हें हयग्रीव मंत्रों का जप करने का उपदेश दिया। 'हलौं' यह हयग्रीव का एकाक्षर मंत्र है। उससे घटित और तीन मंत्र भी बताए। उन तीन मंत्रों के ऋषि, ध्यान, आदि भी बताए। हयग्रीव का एक चौथा मंत्र भी कहा, पाँचवाँ भी कहा, एकाक्षर मंत्र भी कहा। वागादिसिद्धि कर प्रयोग बताया। फिर मंत्रज्ञान का फल, मंत्रों का महावाक्यार्थ प्रतिपादन, स्वरव्यंजन भेद से मन्त्र का द्वैविध्य, अनुमंत्र, इस विद्या का फल और अन्त में प्रार्थना दी है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

नारदो ब्रह्माणमुपसमेत्योवाच—अधीहि भगवन् ब्रह्मविद्यां वरिष्ठां
ययाऽचिरात् सर्वपापं व्यपोह्य ब्रह्मविद्यां लब्ध्वैश्वर्यवान् भवति ॥1॥
ब्रह्मोवाच—हयग्रीवदैवत्यान् मन्त्रान् यो वेद स श्रुतिस्मृतीतिहास-
पुराणानि वेद स सर्वैश्वर्यवान् भवति ॥2॥

एक बार नारद ने ब्रह्मा के पास जाकर कहा—'हे भगवन्! श्रेष्ठतम ब्रह्मविद्या को कहिए जिससे मनुष्य शीघ्र ही सभी पापों को दूर करके ऐश्वर्यशाली होता है।' तब ब्रह्मा बोले—'जो हयग्रीव देवता के मंत्रों को जानता है, वह श्रुति, स्मृति, इतिहास, पुराण, सब-कुछ जान लेता है और सर्व प्रकार से ऐश्वर्यशाली हो जाता है'।

त एते मन्त्राः—
विश्वोत्तीर्णस्वरूपाय चिन्मयानन्दरूपिणे।
तुभ्यं नमो हयग्रीव विद्याराजाय विष्णवे स्वाहा स्वाहा नमः ॥3॥
ऋग्यजुःसामरूपाय वेदाहरणकर्मणे।
प्रणवोद्गीथवपुषे महाश्वशिरसे नमः स्वाहा स्वाहा नमः ॥4॥
उद्गीथ प्रणवोद्गीथ सर्ववागीश्वरेश्वर।
सर्ववेदमयाचिन्त्य सर्वं बोधय बोधय स्वाहा स्वाहा नमः ॥5॥

वे मंत्र (मंत्रार्थ) ये हैं—"विश्व से परे स्वरूपवाले, चिन्मय और आनन्दस्वरूप, विद्या के राजा ऐसे हे हयग्रीव, आपको नमस्कार, स्वाहा स्वाहा। ऋक्, यजुः और साम के स्वरूप, वेदों का संग्रह-कार्य करने वाले, प्रणव और उद्गीथरूप शरीरवाले, बड़े अश्व के मस्तकवाले आपको नमस्कार, स्वाहा

स्वाहा। हे उद्गीथ! हे प्रणवोद्गीथ! हे सभी वाणियों के ईश्वर के भी ईश्वर! हे सर्ववेदमय! हे अचिन्त्य! हमें ज्ञान दीजिए, ज्ञान दीजिए, स्वाहा स्वाहा नमः।

ब्रह्मात्रिरविसवितृभार्गवा ऋषयः। गायत्रीत्रिष्टुबनुष्टुप्छन्दांसि। श्रीमान् हयग्रीवः परमात्मा देवतेति। ह्लौमिति बीजम्। सोऽहमिति शक्तिः। हलूमिति कीलकम्। भोगमोक्षयोर्विनियोगः। अकारोकारमकारैरङ्गन्यासः। ध्यानम्—
शङ्खचक्रमहामुद्रापुस्तकाढ्यं चतुर्भुजम्।
सम्पूर्णचन्द्रसंकाशं हयग्रीवमुपास्महे ॥6॥

इन मंत्रों के ब्रह्मा, अत्रि, रवि, सवितृ और भार्गव ऋषि हैं। गायत्री, त्रिष्टुभ् और अनुष्टुप् छन्द हैं। श्रीमान् हयग्रीव परमात्मा देवता हैं। 'ह्लौं' यह बीज है। 'सोऽहम्' इनकी शक्ति है। 'ह्लूम्' यह कीलक है। भोग और मोक्ष में इनका विनियोग है। अकार, उकार और मकार के द्वारा अंगन्यास विहित हैं। फिर ध्यान इस तरह से किया जाता है—'शंख, चक्र, महामुद्रा और पुस्तक से युक्त चार हाथों वाले तथा संपूर्ण चन्द्र की आभा वाले हयग्रीव की हम उपासना करते हैं।'

ॐ श्रीमिति द्वे अक्षरे। ह्लौमित्येकाक्षरम्। ॐ नमो भगवत इति सप्ताक्षराणि। हयग्रीवायेति पञ्चाक्षराणि। विष्णव इति त्रीण्यक्षराणि। मह्यं मेधां प्रज्ञामिति षडक्षराणि। प्रयच्छ स्वाहेति पञ्चाक्षराणि। हयग्रीवस्य तुरीयो भवति ॥7॥

'ॐ' और 'श्रीं'—ये दो अक्षर है। 'ह्लौं' यह एक अक्षर है। 'ॐ नमो भगवते'—ये सात अक्षर हैं। 'हयग्रीवाय'—ये पाँच अक्षर हैं। 'विष्णवे'—ये तीन अक्षर हैं। 'मह्यं मेधा प्रज्ञां'—ये छः अक्षर हैं और 'प्रयच्छ स्वाहा'—ये पाँच अक्षर हैं। ये सब मिलकर के हयग्रीव का चौथा मंत्र बनता है। (पूरा मंत्र इस प्रकार होगा—"ॐ श्रीं, ह्लौं ॐ नमो भगवते हयग्रीवाय विष्णवे मह्यं मेधां प्रज्ञां प्रयच्छ स्वाहा।" इस प्रकार से यह मंत्र उनतीस अक्षरों वाला होता है।

ॐ श्रीमिति द्वे अक्षरे। ह्लौमित्येकाक्षरम्। ऐमैमैमिति त्रीण्यक्षराणि। क्लीं क्लीमिति द्वे अक्षरे। सौः सौरिति द्वे अक्षरे। ह्रीमित्येकाक्षरम्। ॐ नमो भगवत इति सप्ताक्षराणि। हयग्रीवायेति पञ्चाक्षराणि। मह्यं मेधां प्रज्ञामिति षडक्षराणि। प्रयच्छ स्वाहेति पञ्चाक्षराणि। पञ्चमो मनुर्भवति ॥8॥

'ॐ', 'श्रीं'—ये दो अक्षर हैं। 'ह्लौं' यह एक अक्षर है। 'ऐं'-'ऐं'-'ऐं'—ये तीन अक्षर हैं। 'क्लीं' 'क्लीं'—ये दो अक्षर हैं। 'सौ' 'सौ'—ये दो अक्षर हैं। 'ह्रीं'—यह एक अक्षर है। 'ॐ नमो भगवते'—ये सात अक्षर है। 'मह्यं मेधां प्रज्ञां'—ये छः अक्षर हैं। 'प्रयच्छ स्वाहा'—ये पाँच अक्षर हैं। ये सब मिलकर हयग्रीव का पाँचवाँ मंत्र बनता है। (पूरा मंत्र इस तरह होगा—"ॐ श्रीं ह्लौं ऐं ऐं ऐं क्लीं क्लीं सौः सौः ह्रीं ॐ नमो भगवते हयग्रीवाय मह्यं मेधां प्रज्ञां प्रयच्छ स्वाहा"—यह मंत्र चौंतीस अक्षरों का होता है।

हयग्रीवैकाक्षरेण ब्रह्मविद्यां प्रवक्ष्यामि। ब्रह्मा महेश्वराय महेश्वरः संकर्षणाय संकर्षणो नारदाय नारदो व्यासाय व्यासो लोकेभ्यः प्रायच्छदिति हकारों लकारोमुकारों त्रयमेकस्वरूपं भवति। ह्लौं बीजाक्षरं भवति। बीजाक्षरेण ह्लौंरूपेण तज्जापकानां संपत्सारस्वतौ भवतः। तत्स्वरूपज्ञानां वैदेही मुक्तिश्च भवति। दिक्पालानां राज्ञां नागानां किन्नराणामधिपतिर्भवति। हयग्रीवैकाक्षरजपशीलाज्ञया सूर्यादयः स्वतः स्वस्वकर्मणि प्रवर्तन्ते। सर्वेषां बीजानां हयग्रीवैकाक्षर-बीजमनुत्तमं मन्त्रराजात्मकं भवति। ह्लौं हयग्रीवस्वरूपो भवति ॥9॥

अब मैं हयग्रीव के एकाक्षर से ही ब्रह्मविद्या कहूँगा। इस विद्या को ब्रह्मा ने महेश्वर को, महेश्वर ने संकर्षण को और संकर्षण ने नारद को, नारद ने व्यास को और व्यास ने सब लोगों को सिखाया था। 'हकारोम्' 'सकारोम्' और 'मकारोम्'—तीनों एक स्वरूप होते हैं। 'ह्लौं' (स्लौं) बीजाक्षर है। और बीजाक्षर 'ह्लौं' (स्लौं) रूप से जप करने वालों की संपत्ति और ज्ञान बढ़ते हैं, एवं उसके स्वरूप को जानने वालों की विदेहमुक्ति भी हो जाती है। इसका साधक दिक्पालों का, राजाओं का, नागों का और किन्नरों का अधिपति बनता है। हयग्रीव के एकाक्षर मंत्र करने वाले की आज्ञा से सूर्योदय और अन्य भी अपने आप अपने-अपने कर्मों में प्रवृत्त हो जाते हैं। सभी बीजों में हयग्रीव का एकाक्षर बीज तो उत्तम और मंत्रराजात्मक ही है। यह 'ह्लौं' (एकाक्षरमंत्र) हयग्रीव का स्वरूप ही है।

अमृतं कुरु कुरु स्वाहा। तज्जापकानां वाक्सिद्धिः श्रीसिद्धिरष्टाङ्ग-योगसिद्धिश्च भवति ॥10॥
ह्लौं सकलसाम्राज्येन सिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा ॥11॥

'इन एकाक्षरोपासकों के लिए अमृत कर दो, अमृत ही कर दो स्वाहा'—इस तरह का जप करने वालों की वाक्-सिद्धि होती है और श्रीसिद्धि तथा अष्टांगयोग सिद्धि भी होती है। 'ह्लौं' सकलसाम्राज्य से सिद्धि दो, सिद्धि दो'—यह एक अन्य मंत्र है।

तानेतान् मन्त्रान् यो वेद अपवित्रः पवित्रो भवति। अब्रह्मचारी सुब्रह्मचारी भवति। अगम्यागमनात् पूतो भवति। पतितसंभाषणात् पूतो भवति। ब्रह्महत्यादिपातकैर्मुक्तो भवति। गृहं गृहपतिरिव देही देहान्ते परमात्मानं प्रविशति ॥12॥
प्रज्ञानं ब्रह्म। अहं ब्रह्मास्मि। तत्त्वमसि। अयमात्मा ब्रह्मेति महावाक्यैः प्रतिपादितमर्थं त एते मन्त्राः प्रतिपादयन्ति ॥13॥

ऐसे इन मंत्रों को जो जानता है, वह अपवित्र हो तो पवित्र हो जाता है, ब्रह्मचारी न हो तो अच्छा ब्रह्मचारी बन जाता है। अगम्य के गमन के पाप से मुक्त होता है, पापमय वाणी के पाप से मुक्त हो जाता है, ब्रह्महत्यादि पापों से मुक्त हो जाता है। इस देह के छूटने पर जैसे घर का मालिक अपने घर में प्रवेश करता हो, उसी तरह परमात्मा में प्रवेश कर जाता है। 'प्रज्ञानमानन्दं ब्रह्म', 'तत्त्वमसि', 'अयमात्मा ब्रह्म' और 'अहं ब्रह्मास्मि'—इन महावाक्यों के द्वारा प्रतिपादित अर्थ को ही ये मंत्र प्रतिपादित कर रहे हैं (महावाक्यों के अर्थ क्रमशः—'प्रज्ञान ब्रह्म है', 'वह तुम हो,' 'यह आत्मा ब्रह्म है' और 'मैं ब्रह्म हूँ'—ऐसा होता है।)

स्वरव्यञ्जनभेदेन द्विधायते ॥14॥

ये सभी मंत्र स्वर और व्यंजन के भेद से दो प्रकार के होते हैं। स्वर प्रकृति का अंश है और व्यंजन ब्रह्म का अंश है। और बीज मायाविनिर्मुक्त परब्रह्म है।

अथानुमन्त्रान् जपति—
यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा ।
चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्व स्विदस्याः परमं जगाम ॥15॥
गौरीमिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी ।
अष्टापदी नवपदी बभूवुषी सहस्राक्षरा परमे व्योमन् ॥16॥
ओष्ठापिधाना नकुली दन्तैः परिवृता पविः ।
सर्वस्यै वाच ईशाना चारु मामिह वादये ॥17॥
ससर्परीरमतिं बाधमाना बृहन्मिमाय जमदग्निदत्ता ।
आ सूर्यस्य दुहिता ततान श्रवो देवेष्वमृतमजुर्याम् ॥18॥

मंत्रों को कहकर ये चार अनुमंत्र कहे गए हैं। इनका अर्थ इस तरह किया जा सकता है—देवों के अधिपतियों की रानी वाक् जब नीचे यज्ञ में बैठती है और जब कुछ समझ में न आए ऐसा बोलती है तब वह पानी और दूध बरसाती है। भूभाग के लिए क्या उसका श्रेष्ठ भाग चला गया ? बादलों की आवाज, एकपदी, दो पदवाली, चार पदवाली, आठ पदवाली, नौ पदवाली या तो स्वर्ग में हजार पद वाली होते हुए स्वर्ग में से जल बना रही है.....ओठों से आवृत और दाँतों से घिरा हुआ यह वज्र सबके ऊपर प्रभुत्व करने वाला है, वह मुझे अच्छी वाणी बुलाए यही वाणी का रस है।.....सब तरफ धीरे-धीरे सरकती हुई, जमदग्नि की दी हुई और अज्ञान को दूर करती हुई सूर्यपुत्री ने बड़ी भारी आवाज की और देवों के बीच अविनश्वर अमृतमय अन्न बरसाया (इन मंत्रों के साथ यद्यपि प्रस्तुत विषय का कोई सम्बन्ध नहीं बैठता।)

य इमां ब्रह्मविद्यामेकादश्यां पठेद्धयग्रीवप्रभावेण महापुरुषो भवति । स जीवन्मुक्तो भवति ॥19॥
ॐ नमो ब्रह्मणे धारणं मे अस्त्वनिराकरणं धारयिता भूयासं कर्णयोः श्रुतं मा च्योढ्वं ममामुष्यमोमित्युपनिषत् ॥20॥

इति हयग्रीवोपनिषत्समाप्ता ।

जो मनुष्य इस ब्रह्मविद्या को एकादशी के दिन पढ़ेगा वह हयग्रीव के प्रभाव से महापुरुष होगा। वह जीवन्मुक्त हो जाता है। ॐ ब्रह्म को नमस्कार। मेरा धारण अध्ययन का रक्षण हो। मेरा अनिराकरण (पढ़ी हुई विद्या का अनिराकरण) विस्मरण का अभाव हो। मैं विद्या को अच्छा धारण करने वाला बनूँ। गुरुमुख से श्रवण की गई विद्या को मैं भूलूँ नहीं। और मेरा आयुष्य कलेवररहित कैवल्यमय बन जाए। यही यह उपनिषत् है।

इस प्रकार हयग्रीवोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(104) दत्तात्रेयोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह अथर्ववेदीय उपनिषत् है। इसके तीन खण्ड हैं। सत्यक्षेत्र प्रयाग में ब्रह्माजी के तप से भगवान् प्रकट हुए। ब्रह्माजी ने उनसे तारक के बारे में पूछा। भगवान् ने उत्तर देते हुए दत्तात्रेय के बारे में बताया। दत्तात्रेय का ध्यान, उनका तारक एकाक्षर मंत्र, उनके षडक्षर, अष्टाक्षर, द्वादशाक्षर, षोडशाक्षर और दत्तात्रेय अनुष्टुप् आदि मंत्र बताए। दूसरे खण्ड में दत्तात्रेय मालामंत्र कहा गया है और तीसरे खण्ड में दत्तात्रेय विद्या का फल दिया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमः खण्डः

ॐ सत्यक्षेत्रे ब्रह्मा नारायणं महासाम्राज्यं किं तारकं तन्नो ब्रूहि भगवन्नित्युक्तः सत्यानन्दचिदात्मकं सात्त्विकं मामकं धामोपास्वेत्याह। सदा दत्तोहमस्मीति प्रत्येतत्संवदन्ति ये न ते संसारिणो भवन्ति। नारायणेनैवं विवक्षितो ब्रह्मा विश्वरूपधरं विष्णुं नारायणं दत्तात्रेयं ध्यात्वा सद्वदति ॥1॥

सत्यक्षेत्र में ब्रह्मा, बड़े तेजोमय नारायण से, 'हे भगवन्! तारक क्या है, इसके सम्बन्ध में आप मुझे कहिए'—ऐसा कहने लगे। तब नारायण ने कहा—'सत्य-आनन्द-चिदात्मक ऐसा मेरा जो सात्त्विक धाम है, उसकी उपासना करो' उन्होंने आगे कहा—'जो लोग मेरे प्रति 'मैं दत्त हूँ'—ऐसा ठीक तरह से कहेंगे, वे संसारी नहीं होते'। जब नारायण ने ब्रह्मा से इस तरह कहा, तब ब्रह्मा विश्वरूपधारी विष्णु भगवान् नारायण का ध्यान करके इस तरह कहने लगे कि 'सत् सत्'।

दमिति हंसः। दामिति दीर्घम्। तद्बीजं नाम बीजस्थम्। दामित्येकाक्षरं भवति। तदेतत्तारकं भवति। तदेवोपासितव्यं विज्ञेयं गर्भादितारणम्। गायत्री छन्दः। सदाशिव ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता। वटबीजस्थमिव दत्तबीजस्थं सर्वं जगत्। एतदेवैकाक्षरं व्याख्यातम् ॥2॥

ब्रह्मा के इस दृढ़ानुभव से सन्तुष्ट भगवान् दत्तात्रेय तब कहने लगे—'दम्' यह हंस (प्रत्यगात्मा) है, 'दाम्' यह उसका विश्रान्तिस्थान परब्रह्म दीर्घ है। उसका बीज ब्रह्म ही है। वह बीजस्थ 'दाम्' एकाक्षर है। वही यह तारक है। उसी की उपासना करनी चाहिए, वही जानना चाहिए। इसका गायत्री छन्द है, सदाशिव ऋषि है, दत्तात्रेय देवता है। जैसे वटबीज में वट रहता है, वैसे ही दत्तबीज में जगत् रहता है। इस प्रकार एकाक्षर मंत्र की व्याख्या की गई।

व्याख्यास्ये षडक्षरम्। ओमिति प्रथमम्। श्रीमिति द्वितीयम्। ह्रीमिति तृतीयम्। क्लीमिति चतुर्थम्। ग्लौमिति पञ्चमम्। द्रामिति षट्कम्। (ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं द्रां इति) षडक्षरोऽयं भवति। सर्वसंपद्बुद्धिकरी भवति। योगानुभवो भवति गायत्री छन्दः। सदाशिव ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता ॥3॥

अब षडक्षर की व्याख्या करूँगा। इसमें ॐ प्रथम है, श्रीं द्वितीय है, ह्रीं तृतीय है, क्लीं चौथा अक्षर है, ग्लौं पाँचवाँ अक्षर है और द्रां छठा अक्षर है, इस प्रकार यह षडक्षर मंत्र है। इसकी उपासना से योगानुभव होता है। इसका गायत्री छन्द है। सदाशिव ऋषि है और दत्तात्रेय देवता है। इस तरह ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं द्रां—ऐसा छः अक्षरों वाला मंत्र बनता है।

द्रमित्युक्त्वा द्रामित्युक्त्वा वा दत्तात्रेयाय नम इत्यष्टाक्षरः। दत्तात्रेयायेति सत्यानन्दचिदात्मकम्। नम इति पूर्णानन्दैकविग्रहम्। गायत्री छन्दः। सदाशिव ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता। दत्तात्रेयायेति कीलकम्। तदेव बीजम्। नमः शक्तिर्भवति ॥4॥

प्रथम 'द्रं' या 'द्रां' कहकर बाद में 'दत्तात्रेयाय नमः' ऐसा बोलने से अष्टाक्षर मंत्र बनता है। इसमें 'दत्तात्रेयाय' पद सत्यानन्दचिदात्मक है और 'नम' पद पूर्णानन्दस्वरूप है। इस मंत्र का छन्द गायत्री है, और सदाशिव ऋषि हैं, एवं दत्तात्रेय देवता है। 'दत्तात्रेयाय'—यही कीलक है, और वही बीज है, 'नमः' शक्ति है।

ओमिति प्रथमम्। आमिति द्वितीयम्। ह्रीमिति तृतीयम्। क्रोमिति चतुर्थम्। एहीति तदेव वदेत्। दत्तात्रेयेति स्वाहेति मन्त्रराजोऽयं द्वादशाक्षरः। जगती छन्दः। सदाशिव ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता। ओमिति बीजम्। स्वाहेति शक्तिः। सम्बुद्धिरिति कीलकम्। द्रमिति हृदये। ह्रीं क्लीमिति शीर्षे। एहीति शिखायाम्। दत्तेति कवचे। आत्रेयेति चक्षुषि। स्वाहेत्यस्त्रे। तन्मयो भवति। य एवं वेद ॥5॥

अब दत्तात्रेय का द्वादशाक्षरमंत्र कहा जाता है। इसमें प्रथमाक्षर 'ओम्' है, दूसरा 'आम्' है, 'ह्रीं' तीसरा है, 'क्रोम्' चौथा है। बाद में 'एहि' बोलना चाहिए और बाद में 'दत्तात्रेय स्वाहा' ऐसा बोलने से बारह अक्षरों का यह मंत्रराज बनता है। (पूरा मंत्र—'ॐ आं ह्रीं क्रों एहि दत्तात्रेय स्वाहा'–ऐसा होता है) इस मंत्र का छन्द जगती है, सदाशिव ऋषि है, दत्तात्रेय देवता है, ओम् बीज है और स्वाहा शक्ति है। सम्बुद्धि कीलक है। 'द्रम्' कहकर हृदय में, 'ह्रीं क्लीं' कहकर मस्तक पर, 'एहि' कहकर शिखा पर, 'दत्त' कहकर कवच पर, 'आत्रेय' कहकर आँख पर और 'स्वाहा' कहकर अस्त्र पर न्यास करने से साधक तन्मय हो जाता है और जो यह जानता है, वह भी तन्मय होता है।

षोडशाक्षरं व्याख्यास्ये। प्राणं देयम्। मानं देयम्। चक्षुर्देयम्। श्रोत्रं देयम्। षड्दशशिरश्छिनत्ति। षोडशाक्षरमन्त्रो न देयो भवति। अतिसेवापरभक्तगुणवच्छिष्याय वदेत्। ओमिति प्रथमं भवति। ऐमिति द्वितीयम्। क्रोमिति तृतीयम्। क्लीमिति चतुर्थम्। क्लूमिति पञ्चमम्। ह्रामिति षष्ठम्। ह्रीमिति सप्तमम्। ह्रूमित्यष्टमम्। सौरिति नवमम्।

दत्तात्रेयायेति चतुर्दशम्। स्वाहेति षोडशम्। *गायत्री छन्दः। सदाशिव* ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता। ॐ बीजम्। स्वाहा शक्तिः। चतुर्थ्यन्तं कीलकम्। ओमिति हृदये। क्लां क्लीं क्लूमिति शिखायाम्। सौरिति कवचे। चतुर्थ्यन्तं चक्षुषि। स्वाहेत्यस्त्रे। यो नित्यमधीयानः *सच्चिदानन्दसुखी* मोक्षी भवति। सौरित्यन्ते श्रीवैष्णव इत्युच्यते। *तज्जापी* विष्णुरूपी भवति ॥6॥

यह षोडशाक्षर मंत्र अनधिकारी को नहीं देना चाहिए—भले प्राण देना पड़े, भले उसे मान भी देना पड़े, चाहे उसे आँख भी दो, या चाहे तो उसे कान भी दो। क्योंकि अनधिकारियों को यह मंत्र दिए जाने से तो सोलह मस्तक कट जाते हैं। इसलिए अनधिकारियों को यह षोडशाक्षर मंत्र नहीं देना चाहिए। परन्तु जो शिष्य अतिसेवापरायण हो, भक्त हो और गुणवान हो उसी को देना चाहिए। इसमें ओं प्रथमाक्षर है, ऐं द्वितीय है, क्रों तृतीय है, क्लीं चतुर्थ है, क्लूं पाँचवाँ है, ह्रां छठा है, ह्रीं सातवाँ है, ह्रूं आठवाँ है, सौः नवाँ है, दत्तात्रेयाय—ये पाँच मिलकर चौदह होते हैं और 'स्वाहा'—ये दो मिलकर सोलह होते हैं। (पूरा मंत्र—'ॐ ऐं क्रों क्लीं क्लूं ह्रां ह्रीं ह्रूं सौः दत्तात्रेयाय स्वाहा' होगा।) इस मंत्र का गायत्री छन्द है, सदाशिव ऋषि है, दत्तात्रेय देवता है, ॐ बीज है, स्वाहा शक्ति है। चतुर्थ्यन्त 'दत्तात्रेयाय' शब्द कीलक है। इसका ओम् कहकर हृदय में, क्लां-क्लूं-क्लीं कहकर शिखा में, सौः कहकर कवच में, चतुर्थ्यन्त 'दत्तात्रेयाय' पद से आँख पर और स्वाहा कहकर अस्त्र पर हमेशा अध्ययन करते हुए जो न्यास करता है, वह सच्चिदानन्द की ओर मुखवाला मोक्ष प्राप्त करता है। और सौः के बाद 'श्रीवैष्णवे' यह भी बोला जाए तो वह बोलने वाला विष्णुरूपी हो जाता है।

अनुष्टुप्छन्दो व्याख्यास्ये। सर्वत्र सम्बुद्धिरिमानीत्युच्यन्ते—
दत्तात्रेय हरे कृष्ण उन्मत्तानन्ददायक।
दिगम्बर मुने बाल पिशाच ज्ञानसागर ॥
इत्युपनिषत्। अनुष्टुप् छन्दः। सदाशिव ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता। दत्तात्रेयेति हृदये। हरे कृष्णेति शीर्षे। उन्मत्तानन्देति शिखायाम्। दायकमुने इति कवचे। दिगम्बरेति चक्षुषि पिशाचज्ञानसागरेत्यस्त्रे। आनुष्टुभोऽयं मयाऽधीतः। अब्रह्मजन्मदोषाश्च प्रणश्यन्ति। सर्वोपकारी मोक्षी भवति। य एवं वेदेत्युपनिषत् ॥7॥

इति प्रथमः खण्डः।

अब दत्तात्रेय के अनुष्टुप् मंत्र की व्याख्या करता हूँ। ये पद सर्वत्र संबुद्धि कहे जाते हैं—"हे दत्तात्रेय! हे हरे! हे कृष्ण! हे उन्मत्त! हे आनन्ददायक! हे दिगम्बर! हे मुनि! हे बालपिशाच! हे ज्ञानसागर!" ऐसी यह उपनिषत् है। यह अनुष्टुप् छन्द है, सदाशिव ऋषि है, दत्तात्रेय देवता है। 'दत्तात्रेयाय' बोलकर हृदय में, 'हरे कृष्ण' कहकर मस्तक पर, 'उन्मत्तानन्द' कहकर शिखा पर, 'दायकमुने' कहकर कवच में, 'दिगम्बर' कहकर आँख पर, 'पिशाचज्ञानसागर' कहकर अस्त्र में (न्यास करना चाहिए!) यह मंत्र मैंने सीखा। इससे ब्रह्मातिरिक्त जन्म के जो दोष हैं, वे नष्ट हो जाते हैं। जो यह जानता है वह साधक सर्व का उपकारक और मोक्षगामी बनता है। ऐसा उपनिषत् कहती है।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा हुआ।

❋

द्वितीयः खण्डः

ओमिति व्याहरेत्। ॐ नमो भगवते दत्तात्रेयाय स्मरणमात्रसन्तुष्टाय महाभयनिवारणाय महाज्ञानप्रदाय चिदानन्दात्मने बालोन्मत्तपिशाचवेषायेति महायोगिनेऽवधूतायेति अनसूयाऽऽनन्दवर्धनायात्रिपुत्रायेति सर्वकामफलप्रदाय ओमिति व्याहरेत्। भवबन्धमोचनायेति ह्रीमिति व्याहरेत्। सकलविभूतिदायेति क्रोमिति व्याहरेत्। साध्याकर्षणायेति सौरिति व्याहरेत्। सर्वमनःक्षोभणायेति श्रीमिति व्याहरेत्। महोमिति व्याहरेत्। चिरंजीविने वषडिति व्याहरेत्। वशीकुरु वशीकुरु वौषडिति व्याहरेत्। आकर्षयाकर्षय हुमिति व्याहरेत्। विद्वेषय विद्वेषय फडिति व्याहरेत्। उच्चाटयोच्चाटय ठठेति व्याहरेत्। स्तम्भय स्तम्भय खखेति व्याहरेत्। मारय मारय नमः संपन्नाय नमः संपन्नाय स्वाहा पोषय पोषय परमन्त्रपरयन्त्रपरतन्त्रांश्छिन्धि च्छिन्धि ग्रहान्निवारय निवारय व्याधीन्निवारय निवारय दुःखं हरय हरय दारिद्र्यं विद्रावय विद्रावय देहं पोषय पोषय चित्तं तोषय तोषय सर्वमन्त्रसर्वयन्त्रसर्वतन्त्रसर्वपल्लवस्वरूपायेति ॐ नमः शिवायेत्युपनिषत् ॥1॥

इति द्वितीयः खण्डः।

पहले ॐ बोलना चाहिए। बाद में "ॐ नमो भगवते.....इत्यादि मूल मंत्र के बाद ओम् बोलना चाहिए। यह दत्तात्रेय का मालामंत्र है। (हम मूलमंत्र में दिए गए नामों का ही यहाँ उल्लेख कर देते हैं, वे सरल हैं इसलिए इनके अनुवाद की आवश्यकता नहीं मालूम पड़ती। यों भी मंत्रों के उन्हीं अक्षरों को पढ़ने से ही मंत्रफल मिलता है, अनुवाद से नहीं।) ॐ नमो भगवते दत्तात्रेयाय, स्मरणमात्र-सन्तुष्टाय, महाभयनिवारणाय, महाज्ञानप्रदाय, चिदात्मने, बाल-उन्मत्त-पिशाच-वेशाय, महायोगिने, अवधूताय, अनसूया–आनन्द–वर्धनाय, सर्वकाम–फल–प्रदाय और बाद में ॐ कहना चाहिए। (सभी शब्दों का अर्थ सरल ही है। फिर, 'भव–बन्ध–मोचनाय'–ऐसा बोलकर 'ह्रीं' का उच्चारण करना चाहिए। फिर, 'सकलविभूतिदाय'—ऐसा कहकर 'क्रौं' बोलना चाहिए। फिर, 'साध्याकर्षणाय' यह कहकर बाद में 'सौः' बोलना चाहिए। फिर, 'सर्वमनःक्षोभणाय'–ऐसा कहकर अन्त में 'श्रीं' बोलना चाहिए। और 'महा-ओम्' भी बोलना चाहिए। फिर, 'चिरंजीविने' यह बोलकर 'वषट्' बोलना चाहिए। फिर, 'वशीकुरु वशीकुरु' बोलकर, 'वौषट्' बोलना चाहिए। फिर, 'आकर्षय आकर्षय हुम्' कहना चाहिए। फिर, 'विद्वेषय विद्वेषय फट्' और फिर, "उच्चाटय उच्चाटय ठ ठ" बोलना चाहिए। फिर, 'स्तम्भय स्तम्भय ख ख'—ऐसा बोलना चाहिए। फिर, "मारय मारय नमः संपन्नाय नमः संपन्नाय स्वाहा, पोषय पोषय परमन्त्र-परयन्त्र-परतन्त्रांश्छिन्धि छिन्धि, ग्रहान्निवारय निवारय व्याधीन्निवारय निवारय दुःखं हरय हरय दारिद्र्यं विद्रावय विद्रावय देहं पोषय पोषय चित्तं तोषय तोषय"—इस प्रकार सर्वमंत्र, सर्वयंत्र, सर्वतंत्र और सर्वपल्लव स्वरूप ॐ शिव को नमस्कार। इस प्रकार यह उपनिषद् है। (इस प्रकार शत्रु के उच्चाटन, मारण, स्तंभन और अपने दुःखादि निवारण और पोषण की प्रार्थना है।)

यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।

❋

तृतीयः खण्डः

य एवं वेद। अनुष्टुप् छन्दः। स्दाशिव ऋषिः। दत्तात्रेयो देवता। ओमिति बीजम्। स्वाहेति शक्तिः। द्रामिति कीलकम्। अष्टमूर्त्यष्टमन्त्रा भवन्ति। यो नित्यमधीते वाय्वग्निसोमादित्यब्रह्मविष्णुरुद्रैः पूतो भवति। गायत्र्याः शतसहस्रं जप्तो भवति। महारुद्रशतसहस्रजापी भवति। प्रणवायुतकोटिजप्तो भवति। शतपूर्वान् शतापरान् पुनाति। स पङ्क्तिपावनो भवति। ब्रह्महत्याऽऽदिपातकैर्मुक्तो भवति। गोहत्यादिपातकैर्मुक्तो भवति। तुलापुरुषादिदानैः प्रपापानतः पूतो भवति। अशेषपापान्मुक्तो भवति। अभक्ष्यभक्ष्यपापैर्मुक्तो भवति। सर्वमन्त्रयोगपारीणो भवति। स एव ब्राह्मणो भवति। तस्माच्छिष्यं भक्तं प्रतिगृह्णीयात्। सोऽनन्तफलमश्नुते। स जीवन्मुक्तो भवतीत्याह भगवान्नारायणो ब्रह्माणमित्युपनिषत् ॥1॥

इति तृतीयः खण्डः।

इति दत्तात्रेयोपनिषत्समाप्ता।

जो इस दत्तात्रेय विद्या को जानता है, वह उक्त फल पाता है। इस दत्तात्रेय विद्या का अनुष्टुप् छन्द है, सदाशिव ऋषि है, दत्तात्रेय देवता है, 'ओम्' यह बीज है, 'स्वाहा' यह शक्ति है, 'द्राम्' यह कीलक है, आठ मंत्र ही आठ मूर्तियाँ हैं। इसको जो पढ़ता है, वह वायु, अग्नि, चन्द्र, सूर्य, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र जैसा पवित्र होता है। इसने एक लाख गायत्री मंत्रों का जप किया माना जाता है, उसने एक लाख महारुद्रमंत्र का जप किया है, ऐसा माना जाता है। उसने अयुत कोटि ओंकारजप किया है, ऐसा मानना चाहिए। सौ अगली और सौ पिछली अपनी पीढ़ियों को वह पवित्र कर देता है। वह अपनी पंक्ति को पावन करता है। वह ब्रह्महत्यादि पापों से मुक्त होता है। गोहत्यादि पापों से भी वह मुक्त होता है। तुलापुरुष आदि दान से और प्रपा आदि के पान से जो पुण्य मिलता है, वह उसको मिल जाता है। सम्पूर्ण पापों से वह मुक्त हो जाता है। अभक्ष्य भक्ष्य के पाप से भी वह मुक्त हो जाता है। सर्वमंत्र योग में वह पारंगत होता है। वही ब्राह्मण होता है। विद्वान् पुरुष को इसी से इस उपनिषद् को अपने भक्त या शिष्य को ग्रहण करवानी चाहिए। वह अनन्त फल को प्राप्त करेगा। वह जीवन्मुक्त हो जाएगा, ऐसी यह उपनिषत् भगवान् नारायण ने ब्रह्मा से कही है। यहाँ उपनिषत् पूरी हुई।

यहाँ तीसरी खण्ड पूरा हुआ।

इस प्रकार दत्तात्रेयोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(105) गरुडोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

अथर्ववेदीय परम्परान्तर्गत इस उपनिषत् में ब्रह्मा से लेकर भारद्वाज तक की गुरु-शिष्य परंपरा बताकर गरुडविद्या कही गई है। इस विद्या का तात्पर्य विषनिवारण विद्या से है। सर्प से लेकर जितने भी जहरीले दंश देने वाले जन्तु हैं, इन सबके विष-निवारण की प्रक्रिया इस उपनिषद् में बताई है। इसमें मुख्यत: गुरुशिष्य परंपरा और इस विद्या के ऋषि देवता, छन्द, विनियोग आदि बताया है, और अन्त में गरुडमाला मंत्र का विवेचन दिया गया है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः---देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शाण्डिल्योपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

गारुडब्रह्मविद्यां प्रवक्ष्यामि यां ब्रह्मविद्यां नारदाय प्रोवाच नारदो बृहत्सेनाय बृहत्सेन इन्द्राय इन्द्रो भरद्वाजाय भरद्वाजो जीवत्कामेभ्यः शिष्येभ्यः प्रायच्छत् ॥1॥

अब मैं गरुडब्रह्म विद्या को कहूँगा, जिस ब्रह्मविद्या को ब्रह्मा ने नारद से कहा था। नारद ने बृहत्सेन को, बृहत्सेन ने इन्द्र को, इन्द्र ने भारद्वाज को और भारद्वाज ने जीवन धन्य बनाने की इच्छा करने वाले अपने शिष्यों को कहा था।

अस्याः श्रीमहागरुडब्रह्मविद्याया ब्रह्मा ऋषिः। गायत्री छन्दः। श्रीभगवान्महागरुडो देवता। श्रीमहागरुडप्रीत्यर्थे मम सकलविषविनाशनार्थे जपे विनियोगः ॥2॥

इस महागारुड विद्या के ऋषि ब्रह्मा हैं। गायत्री छन्द है। श्री भगवान् महागरुड देवता हैं। महागरुड के प्रीत्यर्थ मेरे मकल विषों के विनाश के लिए जप में विनियोग किया जाता है।

ॐ नमो भगवते अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। श्रीमहागरुडाय तर्जनीभ्यां स्वाहा। पक्षीन्द्राय मध्यमाभ्यां वषट्। श्रीविष्णुवल्लभाय अनामिकाभ्यां हुम्। त्रैलोक्यपरिपूजिताय कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्। उग्रभयंकरकालानलरूपाय करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्। एवं हृदयादिन्यासः ॥3॥

'ॐ नमो भगवते अंगुष्ठाभ्यां नमः' कहकर दोनों अँगूठों पर, 'श्री महागरुडाय नमः तर्जनीभ्यां स्वाहा'—ऐसे कहकर दोनों तर्जनियों पर, 'पक्षीन्द्राय मध्यमाभ्यां वषट्'—कहकर दोनों मध्यमाओं पर, 'श्रीविष्णुवल्लभाय अनामिकाभ्यां हुम्'—ऐसा कहकर दोनों अनामिकाओं पर, 'त्रैलौक्यपरिपूजिताय कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्'—ऐसा कहकर दोनों कनिष्ठिकाओं पर तथा 'उग्रभयंकर कालानलरूपाय करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्'—ऐसा कहकर हथेलियों और पृष्ठ भागों पर न्यास करना चाहिए—अँगूठे से

उन-उन अंगुलियों का स्पर्श करना चाहिए। करतलादि में परस्पर स्पर्श करना चाहिए। इसी तरह दाहिने हाथ की पाँचों अँगुलियों से हृदयादि का भी न्यास करना चाहिए।

भूर्भुवः सुवरोमिति दिग्बन्धः ॥4॥

इसी तरह भूः, भुवः, स्वः और ॐ—इन व्याहृतियों से दिग्बन्धन सम्पन्न करना चाहिए।

ध्यानम्—
स्वस्तिको दक्षिणं पादं वामपादं तु कुञ्चितम्।
प्राञ्जलीकृतदोर्युग्मं गरुडं हरिवल्लभम् ॥
अनन्तो वामकटको यज्ञसूत्रं तु वासुकिः।
तक्षकः कटिसूत्रं तु हारः कर्कोट उच्यते ॥
पद्मो दक्षिणकर्णे तु महापद्मस्तु वामके।
शङ्खः शिरः प्रदेशे तु गुलिकस्तु भुजान्तरे ॥
पौण्ड्रकालिकनागाभ्यां चामराभ्यां सुवीजितम्।
एलापुत्रकनागाद्यैः सेव्यमानं मुदान्वितम् ॥
कपिलाक्षं गरुत्मन्तं सुवर्णसदृशप्रभम्।
दीर्घबाहुं बृहत्स्कन्धं नागाभरणभूषितम् ॥
आजानुतः सुवर्णाभमाकट्योस्तुहिनप्रभम्।
कुङ्कुमारुणमाकण्ठं शतचन्द्रनिभाननम् ॥
नीलाग्रनासिकावक्त्रं सुमहच्चारुकुण्डलम्।
दंष्ट्राकरालवदनं किरीटमुकुटोज्ज्वलम् ॥
कुङ्कुमारुणसर्वाङ्गं कुन्देन्दुधवलाननम्।
विष्णुवाह नमस्तुभ्यं क्षेमं कुरु सदा मम ॥
एवं ध्यायेत्त्रिसंध्यासु गरुडं नागभूषणम्।
विषं नाशयते शीघ्रं तूलराशिमिवानलः ॥5॥

अब ये ध्यानमंत्र कहे जाते हैं—"जिनका दाहिना पैर स्वस्तिकाकार है, बाँया पैर घुटनों तक सिकुड़ा हुआ है, जिन्होंने दोनों हाथ प्रणाम मुद्रा में जोड़ रखे हैं, जो विष्णुवल्लभ हैं, जिन्होंने अनन्त नाग को बाँयें हाथ में कड़े के रूप में धारण किया है, और वासुकि को यज्ञोपवीत के रूप में धारण किया है, तक्षक को करधनी और कर्कोट को गले के हार की तरह जिन्होंने धारण किया है, पद्मनाग को दाहिने तथा महापद्मनाग को बाँये कान के आभूषण के रूप में जिन्होंने धारण किया है, जिन्होंने शंख नाग को सिर पर तथा गुलिक नाग को हाथों के बीच के भाग में धारण कर रखा है, जिन्होंने पौण्ड्र कलिक नागों को चँवर के रूप में रखा है, जिनकी एला और पुत्रक आदि नागों के द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सेवा की जा रही है, ऐसे कपिल वर्ण नेत्र वाले, सुवर्ण जैसी कान्तिवाले, लम्बी भुजाओं वाले, विशाल कन्धों वाले, नागों के अलंकारों से विभूषित, घुटनों तक सोने की कान्तिवाले तथा कटि तक हिम जैसी धवल प्रभावाले, कुंकुम के समान लाल शरीरवाले, सैंकड़ों चन्द्रों समान मुख की कान्तिवाले, नासिका के अग्र भाग में तथा मुखमण्डल में नीलवर्ण वाले, विशाल कुण्डलयुक्त कान वाले, भयंकर दाढ़ों से विकराल मुखवाले, अत्यन्त देदीप्यमान मुकुट धारण करने वाले, कुंकुम से किए गए लेप से लाल अंगवाले, कुन्दपुष्प और चन्द्र के समान धवल मुखवाले हे विष्णुवाहन गरुडदेव! आपको नमस्कार हो। आप सदैव हमारा कल्याण करें।"—इस प्रकार तीनों सन्ध्याओं में नागविभूषित गरुड का ध्यान करना चाहिए। इससे रूई के ढेर में पड़े अग्नि की तरह गरुडदेव सभी विषों का नाश कर देते हैं।

ओमीमों नमो भगवते श्रीमहागरुडाय पक्षीन्द्राय विष्णुवल्लभाय त्रैलोक्यपरिपूजिताय उग्रभयंकरकालानलरूपाय वज्रनखाय वज्र-तुण्डाय वज्रदन्ताय वज्रदंष्ट्राय वज्रपुच्छाय वज्रपक्षालक्षितशरीराय ओमीमेह्योहि श्री महागरुडाप्रतिशासनास्मिन्नाविशाविश दुष्टानां विषं दूषय दूषय स्पृष्टानां विषं नाशय नाशय दन्दशूकानां विषं दारय दारय प्रलीनं विषं प्रणाशय प्रणाशय सर्वविषं नाशय नाशय हन हन दह दह पच पच भस्मीकुरु भस्मीकुरु हुं फट् स्वाहा ॥6॥

अब गरुडमाला मंत्र और मूल मंत्र आदि कहते हैं—"पक्षीराज, गरुड, विष्णुप्रिय, तीनों लोकों में पूजित, भयंकर, कालाग्नि समान, कठारे नखवाले, कठोर चोंच वाले, कठोर दाँत वाले, कठोर दाढों वाले, कठोर पूँछ वाले, कठोर पंखों से लक्षित शरीर वाले, भगवान् श्री गरुड को नमस्कार है। हे महागरुड ! आप आइए। अपने अनुशासित इस आसन पर आइए। प्रवेश कीजिए। दुष्ट के विष को दूर कीजिए। दूर कीजिए। स्पर्शमात्र से असर करने वाले विष को दूर कीजिए, दूर कीजिए। रेंगने वाले विषैले साँपों का विष दूर कीजिए, दूर कीजिए। छिपे विष को हटाइए, हटाइए। सर्व प्रकार का जहर दूर कीजिए, दूर कीजिए। मारिए मारिए, जलाइए जलाइए, बचाइए बचाइए। सभी विषों को भस्म कीजिए, भस्म कीजिए। हुँ फट–इस तरह सबीज मंत्र से आहुति देनी चाहिए। (स्वाहा–आहुति समर्पण करना चाहिए)

चन्द्रमण्डलसंकाश सूर्यमण्डलमुष्टिक। पृथ्वीमण्डलमुद्राङ्ग श्रीमहागरुड विषं हर हर हुं फट् स्वाहा ॥7॥
ॐ क्षिप स्वाहा ॥8॥

"हे चन्द्रमण्डल समान तेजवाले ! हे सूर्यमण्डल को मुट्ठी में रखने वाले ! हे पृथ्वी जैसे मुद्रांगों वाले ! हे महागरुड ! समस्त विषों का हरण कीजिए, हरण कीजिए हुँ फट् स्वाहा करके सबीज मंत्र से आहुति देनी चाहिए। (अन्य मंत्र है—ॐ क्षिप स्वाहा) ॐ हे महागरुड ! आप विषों और विषधरों को फेंक दीजिए इस निमित्त से स्वाहा—यह आहुति समर्पित है।

ओमीं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषाणां च विषरूपिणी विषदूषिणी विषशोषणी विषनाशिनी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विष-मन्तःप्रलीनं विषं प्रनष्टं विषं हतं ते ब्रह्मणा विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥9॥

तत्कारी–मत्कारी–उनका या हमारा हिंसक जो विष फैलता ही जाता है, उसे विषरूपिणी, विषदूषिणी, विषशोषणी, विषनाशिनी, विषहारिणी—ऐसी ब्रह्मविद्या को नाश कर दिया (विषरूपिणी और विषनाशिनी—दोनों ब्रह्मविद्या है क्योंकि संसारविषवृक्ष उसी का ही विवर्त है, और विशनाशिनी इत्यादि तो है ही।) विष को नष्ट करने में इन्द्र के वज्र ने सहयोग दिया। इस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

ॐ नमो भगवते महागरुडाय विष्णुवाहनाय त्रैलोक्यपरिपूजिताय वज्रनखवज्रतुण्डाय वज्रपक्षालंकृतशरीराय एह्योहि महागरुड विषं छिन्धि छिन्धि आवेशयावेशय हुं फट् स्वाहा ॥10॥

तीनों लोकों में पूजित, विष्णु के वाहन, वज्र जैसे नखों तथा वज्र जैसी चाँच (मुख) वाले, वज्र जैसे पंखों से शरीर को भूषित करने वाले भगवान् महागरुड को नमस्कार हो। हे महागरुड ! आइए,

आएइ, विष को काटिए, काटिए, प्रविष्ट हो जाइए, प्रवेश कीजिए हुं फट् स्वाहा—ऐसा सबीज मंत्र बोलकर आहुति प्रदान करनी चाहिए।

सुपर्णोऽसि गरुत्मान्त्रिवृत्ते शिरो गायत्रं चक्षुः स्तोम आत्मा साम ते तनूर्वामदेव्यं बृहद्रथन्तरे पक्षौ यज्ञायज्ञियं पुच्छं छन्दांस्यङ्गानि धिष्णिया शफा यजूंषि नाम। सुपर्णोऽस्मि गरुत्मान्दिवं गच्छ सुवः पत ॥11॥

हे गरुडदेव ! आप सुन्दर पंख वाले और अग्नि जैसे गतिवाले हैं। त्रिवृत् सोम आपका मस्तक है, और गायत्र (साम) आपके नेत्र हैं। यज्ञ आपकी अन्तरात्मा और सभी छन्द आपके अवयव हैं। यजुष् आपका नाम है, वामदेवसाम आपकी देह है और यज्ञायज्ञीय साम आपकी पूंछ है। और घिष्ण्य स्थित अग्नि आपके नख हैं। हे गरुडदेव ! आप अग्नि की तरह दिव्य लोक में जाइए और स्वर्गलोक को प्राप्त कीजिए।

ओमीं ब्रह्मविद्याममावास्यायां पौर्णमास्यायां पुरोवाच सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषं प्रनष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥12॥

प्राचीन काल में अमावास्या या पूर्णिमा में यह ब्रह्मविद्या कही गई थी। उनकी या हमारी हिंसा करने वाला विष जो फैल रहा है, उस विष का नाश करने वाली, उसका दूषण और हरण करने वाली यह ब्रह्मविद्या है। उसने विष को नष्ट कर दिया। उसने इन्द्र के वज्र द्वारा विष का नाश कर दिया। विष को नष्ट करने में इन्द्र के वज्र ने सहायता की। इस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

तत्स्त्र्यम्। यद्यनन्तकदूतोऽसि यदि वानन्तकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥13॥

तत्स्त्र—यह बीजमंत्र सर्वविषनाशक है। तुम चाहे अनन्तक के दूत हो वा स्वयं अनन्तक हो, यह विष जो उनकी या हमारी हिंसा करने वाला फैल रहा है उसका दूषण और हरण करने वाली यह ब्रह्मविद्या है। उसने विष का नाश कर दिया। उसने इन्द्र के वज्र द्वारा विष का नाश कर दिया। विष का नाश करने में इन्द्र के वज्र ने सहायता की इस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि वासुकिदूतोऽसि यदि वा वासुकिः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥14॥

तुम यदि वासुकि के दूत हो या स्वयं वासुकि हो। यह उनकी और हमारी हिंसा करने वाला जो विष फैल रहा है उसका दूषण और हरण करने वाली यह ब्रह्मविद्या है। उसने विष का नाश कर दिया। उसने इन्द्र के वज्र द्वारा विष का नाश कर दिया। विष का नाश करने में इन्द्र के वज्र ने सहायता की इसके निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि तक्षकदूतोऽसि यदि वा तक्षकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥15॥

चाहे तुम तक्षक के दूत हो या स्वयं तक्षक हो ! यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला जहर फैल रहा है, उसको नाश करने वाली, उसको भी दूषित करने वाली यह ब्रह्मविद्या है। उस

ब्रह्मस्वरूपा ने इन्द्र के वज्र द्वारा घातक विष को विनष्ट किया। विषनाश करने में इन्द्र के वज्र ने सहायता दी। उस निमित्त से यह आहुति समर्पित है।

यदि कर्कोटकदूतोऽसि यदि वा कर्कोटकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥16॥

तुम यदि कर्कोटक के दूत हो या स्वयं कर्कोटक हो। यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला जहर फैल रहा है, उसका नाश करने वाली, उसका दूषण करने वाली ब्रह्मविद्या है। उस ब्रह्मस्वरूप ने इन्द्र के वज्र द्वारा घातक विष का नाश कर दिया। इन्द्र के वज्र ने विष का नाश करने में सहायता दी। इसके निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि पद्मकदूतोऽसि यदि वा पद्मकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी हतं विषं नष्टं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥17॥

तुम पद्मक के दूत हो या स्वयं पद्मक हो। यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला विष फैल रहा है, उसका नाश करने वाली, उसको दूषित करने वाली ब्रह्मविद्या है। उस ब्रह्मस्वरूपा ने विष का नाश किया। उसने इन्द्र के वज्र के द्वारा विष का नाश किया। विष का नाश करने में इन्द्र के वज्र ने सहायता की। इस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि महापद्मकदूतोऽसि यदि वा महापद्मकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥18॥

तुम यदि महापद्मक के दूत हो या स्वयं महापद्मक हो, यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला जहर फैल रहा है, उसका नाश करने वाली, उसको दूषित करने वाली ब्रह्मविद्या है। उसने विष का नाश किया। इन्द्र के वज्र द्वारा विष का नाश किया। विष का नाश करने में इन्द्र ने उसकी सहायता की। उस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि शङ्खकदूतोऽसि यदि वा शङ्खकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥19॥

तुम यदि शंखक के दूत हो अथवा स्वयं शंखक हो। (पर) यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला विष फैल रहा है, उसका नाश करने वाली, उसको भी दूषित करने वाली ब्रह्मविद्या है। उसने विष का नाश कर दिया। उसने इन्द्र के वज्र द्वारा विष का नाश किया। विष को नाश करने में इन्द्र ने सहायता की। इस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि गुलिकदूतोऽसि यदि वा गुलिकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥20॥

तुम यदि गुलिक के दूत हो अथवा स्वयं गुलिक हो, यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला विष फैलता है, उसका नाश करने वाली, उसको भी प्रदूषित करने वाली ब्रह्मविद्या है। उस ब्रह्मरूपा ने घातक विष का नाश कर दिया। उसने इन्द्र के वज्र के द्वारा विष का नाश किया। विष का नाश करने में इन्द्र ने उसकी सहायता की। उस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि पौण्ड्रकालिकदूतोऽसि यदि वा पौण्ड्रकालिकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥21॥

चाहे तुम पौण्ड्रकालिक के दूत हो या स्वयं पौण्ड्रकालिक हो, यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला विष है, उसका नाश करने वाली उसको भी दूषित कर देने वाली यह ब्रह्मविद्या है। इस ब्रह्मरूपा ने विष का नाश किया। इसने इन्द्र के वज्र के द्वारा इस घातक विष का नाश किया। विष के नाश में इन्द्र ने उसकी सहायता की। उस निमित्त यह आहुति दी जाती है।

यदि नागकदूतोऽसि यदि वा नागकः स्वयं सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥22॥

चाहे तुम नागक के दूत हो अथवा स्वयं नागक हो। यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला जहर फैल रहा है, उसका नाश करने वाली, उसको भी प्रदूषित कर देने वाली ब्रह्मविद्या है। इस ब्रह्मरूपा ने घातक विष का नाश कर दिया। उसने इन्द्र के वज्र के द्वारा विष का नाश किया। विष के नाश में इन्द्र ने उसकी सहायता की। इस निमित्त यह आहुति समर्पित है।

यदि लूतानां प्रलूतानां यदि वृश्चिकानां यदि घोटकानां यदि स्थावरजङ्गमानां सचरति सचरति तत्कारी मत्कारी विषनाशिनी विषदूषिणी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषं हतमिन्द्रस्य वज्रेण विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥23॥

तुम चाहे बड़ी मकड़ी हो, चाहे बिच्छू हो, चाहे घुडदौड साँप हो, या चाहे स्थावर जंगम हो, यह जो उनकी और हमारी हिंसा करने वाला विष फैल रहा है, उसको नष्ट करने वाली, उसको भी दूषित कर देने वाली ब्रह्मविद्या है। उस ब्रह्मरूपा ने घातक विष को नष्ट कर दिया। उसने यह विषनाश इन्द्र के वज्र द्वारा किया। विष के नाश में इन्द्र ने उसकी मदद की। इसके निमित्त यह आहुति समर्पित है—स्वाहा।

अनन्तवासुकितक्षककर्कोटकपद्मकमहापद्मकशङ्खकगुलिकपौण्ड्रकालिकनागक इत्येषां दिव्यानां महानागानां महानागादिरूपाणां विषतुण्डानां विषदन्तानां विषदंष्ट्राणां विषाङ्गानां विषपुच्छानां विश्चचाराणां वृश्चिकानां लूतानां प्रलूतानां मूषिकाणां गृहगौलिकानां गृहगोधिकानां घ्रणासानां गृहगिरिगह्वरकालानलवल्मीकोद्भूतानां तार्णानां पार्णानां काष्ठदारुवृक्षकोटरस्थानां मूलत्वग्दारुनिर्यासपत्रपुष्पफलोद्भूतानां दुष्टकीटकपिश्वानमार्जारजम्बुकव्याघ्रवराहाणां जरायुजाण्डजोद्भिज्जस्वेदजानां शस्त्रबाणक्षतस्फोटव्रणमहाव्रणकृतानां कृत्रिमाणामन्येषां भूतवेतालकूष्माण्डपिशाचप्रेतराक्षसयक्षभयप्रदानां विषतुण्डदंष्ट्राणां विषाङ्गानां विषपुच्छानां विषाणां विषरूपिणी विषदूषिणी विषशोषिणी विषनाशिनी विषहारिणी हतं विषं नष्टं विषमन्तःप्रलीनं विषं प्रनष्टं विषं हतं ते ब्रह्मणा विषमिन्द्रस्य वज्रेण स्वाहा ॥24॥

अनन्त, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्मक, महापद्मक, शंखक, गुलिक, पौण्ड्रकालिक आदि सभी नाग तथा सभी दिव्य नागों के और महानागों के आदिरूप विषैली चोंचों, विषैले दाँतों, विषैली दाढों, विषैले अंगों तथा विषैली पूँछों वाले सभी जगहों में घूमने वाले बिच्छू, मकड़ी, बड़ी मकड़ी, चुहिया, छछूंदर, छिपकली, घोटक, घर की दीवारों के तथा फर्श के छोटे-छोटे छिद्रों आदि में रहने वाले विषैले कीड़े, चींटी-चींटे, दीमक, तृण-पत्तों-काष्ठ-पेड़-कोटर आदि में रहने वाले, जड-तना-वृक्ष छाल-पत्तों-पुष्पों-फलों-में उत्पन्न होने वाले विषैले दुष्ट कीड़े, बन्दर-कुत्ते-बिल्ली-सियार-व्याघ्र-वराह आदि घूमने वाले विषैले जानवर, जरायुज (पशु, मनुष्यादि), अण्डज, उद्भिज्ज और स्वेदज सब प्राणी, शस्त्र-अस्त्र से कटे या घायल हुए अंग, फोडे, घाव, आदि में उत्पन्न हुए बड़े कीड़े, कृत्रिम तथा अन्य विष, भूत-वेताल-कूष्मांड-प्रेत-पिशाच-राक्षस-यक्ष आदि भयप्रदायक, विषैली चंचुवाले, विषैली दाढ़वाले, विषैले अंगों वाले, विषैली पूँछवाले भले हों, परन्तु विषों की भी विषरूप विषदूषक यह ब्रह्मविद्या सभी विषों को दुषित करने वाली, सभी विषों का शोषण करने वाली, सभी विषों का नाश करने वाली और सभी विषों का हरण करने वाली है। यह ब्रह्मविद्या सभी विषों को मारे, नष्ट करे। उस ब्रह्मविद्या ने इन घातक विषों को, अन्तर्लीन विषों को, प्रणाशक विषों को भी नष्ट कर दिया है। इन सभी विषों को नष्ट करने में इन्द्र के वज्र ने उसकी सहायता की है—स्वाहा।

य इमां ब्रह्मविद्याममावास्यायां पठेच्छृणुयाद्वा यावज्जीवं न हिंसन्ति सर्पाः। अष्टौ ब्राह्मणान्ग्राहयित्वा तृणेन मोचयेत्। शतं ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा चक्षुषा मोचयेत्। सहस्रं ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा मनसा मोचयेत्। सर्पाञ्जले न मुञ्चन्ति। तृणे न मुञ्चन्ति। काष्ठे न मुञ्चन्तीत्याह भगवान्ब्रह्मेत्युपनिषत् ॥25॥

इति गरुडोपनिषत्समाप्ता।

जो मनुष्य इस ब्रह्मविद्या को अमावास्या में पढ़ता है, या सुनता है, उसको जिन्दगीभर साँप नहीं काटते। इस ब्रह्मविद्या को आठ ब्राह्मणों को ग्रहण करवाकर (स्वीकार करवाकर) फिर तृण (जड़ीबूटी) के द्वारा विष का मोचन करना चाहिए। इसे सौ ब्राह्मणों को ग्रहण करवाकर नेत्रों से विष को मुक्त करना चाहिए। उसे हजार ब्राह्मणों से स्वीकार करवाकर मन से जहर को मुक्त करना चाहिए। साँपों को पानी में नहीं छोड़ना चाहिए, तृणों में नहीं छोड़ना चाहिए, काष्ठों में भी नहीं छोड़ना चाहिए, ऐसा ही ब्रह्माजी ने कहा है। यही उपनिषत् है।

इस प्रकार गरुडोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ भद्रं कर्णेभिः.....देवहितं यदायुः। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(106) कलिसंतरणोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

कृष्णयजुर्वेद परम्परा की इस छोटी-सी उपनिषद् में केवल तीन मंत्र हैं। इन तीन मंत्रों में प्रस्तुत भगवान् के नाम-स्मरण मात्र से कलि को पार किया जा सकता है, यह कहकर आवरणविनाश के लिए भगवान् के सोलह नाम दिए हैं, तथा अन्त में नाम जप की महिमा भी बताई गई हैं।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ—मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषद् में) द्रष्टव्य है।

द्वापरान्ते नारदो ब्रह्माणं जगाम कथं भगवन् गां पर्यटन्कलिं संतरेयमिति। स होवाच ब्रह्मा साधु पृष्टोऽस्मि सर्वश्रुतिरहस्यं गोप्यं तच्छृणु येन कलिसंसारं तरिष्यसि। भगवत आदिपुरुषस्य नारायणस्य नामोच्चारणमात्रेण निर्धूतकलिर्भवति ॥1॥

द्वापर के अन्त में नारद ब्रह्मा के पास गए। वे कहने लगे—'हे भगवन्! पृथ्वी पर भ्रमण करता हुआ मैं कैसे कलिकाल को पार कर सकता हूँ।?' तब ब्रह्मा बोले—'अच्छा प्रश्न पूछा है। यह सर्ववेदों का रहस्य और गोपनीय बात है। तो यह सुनो कि जिससे कलिकाल के संसार को पार कर जाओगे। भगवान् आदि पुरुष नारायण के नामोच्चारण मात्र से ही मनुष्य कलियुग को झाड़कर फेंकने वाला बन जाता है'।

नारदः पुनः पप्रच्छ तन्नाम किमिति। स होवाच हिरण्यगर्भः। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। इति षोडशकं नाम्नां कलिकल्मषनाशनम्। नातः परतरोपायः सर्ववेदेषु दृश्यते। इति षोडशकलावृतस्य जीवस्यावरणविनाशनम्। ततः प्रकाशते परं ब्रह्म मेघापाये रविरश्मिमण्डलीवेति ॥2॥

तब नारद ने फिर पूछा—'वह नाम क्या है ?' तब हिरण्यगर्भ ब्रह्मा बोले—हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे'—इस प्रकार ये सोलह नाम कलिकाल के पापों को नाश करने वाले हैं। इससे बड़ा उपाय सभी वेदों में दिखाई नहीं देता। इन सोलह नामों से सोलह कलाओं से आवृत जीव के आवरण का नाश होता है। इसके बाद जैसे बादलों को हट जाने से रविमण्डल साफ प्रकाशित होता है, वैसे ही जीव के आगे परब्रह्म प्रकाशित हो उठता है।

पुनर्नारदः पप्रच्छ भगवन्कोऽस्य विधिरिति। तं होवाच नास्य विधिरिति। सर्वदा शुचिरशुचिर्वा पठन्ब्राह्मणः सलोकतां समीपतां

सरूपतां सायुज्यतामेति। यदास्य षोडशीकस्य सार्धत्रिकोटीर्जपति तदा ब्रह्महत्यां तरति। तरति वीरहत्याम्। स्वर्णस्तेयात्पूतो भवति। पितृदेवमनुष्याणामपकारात्पूतो भवति। सर्वधर्मपरित्यागपापात्सद्यः शुचितामाप्नुयात् सद्यो मुच्यते सद्यो मुच्यत इत्युपनिषत् ॥3॥

इति कलिसंतरणोपनिषत्समाप्ता।

नारद ने फिर पूछा—'भगवन्! इसकी विधि क्या है?' तब ब्रह्मा बोले—इसकी कोई विधि नहीं है। सदैव पवित्र या अपवित्र ब्राह्मण इसको जपते-पढ़ते हुए ईश्वर की सलोकता (एकलोकता) को, सामीप्य को, ईश्वर जैसे स्वरूप को और ईश्वर में मिल जाने की अवस्था को प्राप्त कर लेता है। जब साधक इस षोडश नाम वाले मंत्र का साढे तीन करोड जप कर लेता है, तब वह ब्रह्महत्या के पाप से मुक्त हो जाता है। वह वीरहत्या के पाप से मुक्त हो जाता है। वह सुवर्ण चोरी के पाप से मुक्त हो जाता है। पिता-देव-मनुष्यों पर किए गए अपकार के पापों से मुक्त हो जाता है। सर्वधर्म त्याग के पाप से वह शीघ्र मुक्त हो जाता है। वह पवित्र हो जाता है। छूट जाता है, छूट जाता है, यही इस उपनिषत् का कहना है। यहाँ उपनिषत् पूरी होती है।

इस प्रकार कलिसंतरणोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु। सह नौ---मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

❋

(107) जाबाल्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस सामवेदीय उपनिषद् में कुल 23 मंत्र है। इसमें पिप्पलाद के पुत्र पैप्पलादि और जाबालि का परमतत्त्व के विषय में प्रश्नोत्तर है। मुख्य प्रश्न ये हैं—तत्त्व क्या है? जीव कौन है? पशु कौन है? ईश कौन है? और मोक्षप्राप्ति का उपाय क्या है? इन सभी प्रश्नों का उत्तर जाबालि ने क्रमशः दिया है। अन्त में इस उपनिषत् में प्रतिपादित ज्ञान की महिमा बताकर उपनिषत् को पूरा किया है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि---ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (महोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

अथ हैनं भगवन्त जाबालिं पैप्पलादिः पप्रच्छ भगवन्मे ब्रूहि परमतत्त्वरहस्यम् ॥1॥
किं तत्त्वं को जीवः कः पशुः क ईशः को मोक्षोपाय इति ॥2॥
स तं होवाच साधु पृष्टं सर्वं निवेदयामि यथाज्ञातमिति ॥3॥
पुनः स तमुवाच कुतस्त्वया ज्ञातमिति ॥4॥
पुनः स तमुवाच षडाननादिति ॥5॥
पुनः स तमुवाच तेनाथ कुतो ज्ञातमिति ॥6॥
पुनः स तमुवाच तेनोशानादिति ॥7॥
पुनः स तमुवाच कथं तस्मात्तेन ज्ञातमिति ॥8॥
पुनः स तमुवाच तदुपासनादिति ॥9॥
पुनः स तमुवाच भगवन्कृपया मे सरहस्यं सर्वं निवेदयेति ॥10॥

एक बार भगवान् जाबालि से पैप्पलादि ने पूछा—'भगवन्! मुझे परम तत्त्व का रहस्य कहिए। तत्त्व क्या है? जीव कौन है? पशु कौन है? ईश कौन है? मोक्ष का उपाय क्या है?' तब जाबालि ने उनसे कहा—'ठीक पूछा है। मैंने जो जाना है वह कहता हूँ।' पैप्पलादि ने फिर से उनसे पूछा—'आपने कहाँ से जाना?' तब उन्होंने कहा—'षडानन से।' तब उन्होंने फिर पूछा—'उन्होंने कहाँ से जाना?' तब उन्होंने कहा—'उन्होंने ईशान से जाना।' तब पैप्पलादि ने फिर पूछा—'तो फिर उन्होंने कैसे और कहाँ से जाना?' जाबालि बोले—'उसकी उपासना से जाना'। तब पैप्पलादि बोले—'हे भगवन्! कृपा करके मुझे रहस्यसहित वह ज्ञान बताइए।'

स तेन पृष्टः सर्वं निवेदयामास तत्त्वम्। पशुपतिरहंकाराविष्टः संसारी जीवः स एव पशुः। सर्वज्ञः पञ्चकृत्यसम्पन्नः सर्वेश्वर ईशः पशुपतिः ॥11॥

के पशव इति पुनः स तमुवाच ॥12॥
जीवाः पशव उक्ताः। तत्पतित्वात्पशुपतिः ॥13॥
स पुनस्तं होवाच कथं जीवाः पशव इति। कथं तत्पतिरिति ॥14॥
स तमुवाच यथा तृणाशिनो विवेकहीनाः परप्रेष्याः कृष्यादिकर्मसु नियुक्ताः सकलदुःखसहाः स्वस्वामिबध्यमाना गवादयः पशवः। यथा तत्स्वामिन इव सर्वज्ञ ईशः पशुपतिः ॥15॥
तज्ज्ञानं केनोपायेन जायते ॥16॥
पुनः स तमुवाच विभूतिधारणादेव ॥17॥
तत्प्रकारः कथमिति। कुत्र कुत्र धार्यम् ॥18॥

उसके ऐसा कहने पर जाबालि ने सब तत्त्व इस प्रकार बताया—'स्वयं पशुपति ही अहंकार से आविष्ट होकर संसारी जीव बनते हैं और वही पशु है। जो सर्वज्ञ और पंचकृत्यों से पूर्ण है वह ईश ही पशुपति है।' तब उसने फिर पूछा—'पशु कौन है ?' उन्होंने उत्तर दिया—'जीव ही पशु कहे गए हैं, और उनके पति होने से ईश्वर पशुपति कहे गए हैं।' फिर उन्होंने पूछा—'जीव पशु क्यों हैं और ईश्वर उनके पति कैसे हैं ?' तो उन्होंने उत्तर दिया—'जैसे घास खाने वाले विवेकहीन किसी अन्य के दास, कृषि आदि कामों में जोड़े गए सभी दुःखों को सहन करने वाले अपने मालिक के द्वारा बाँधे गए बैल आदि पशु कहलाते हैं, उसी प्रकार उन पशुओं जैसे जीवों के स्वामी होने से यह सर्वज्ञ ईश्वर पशुपति कहे जाते हैं।' तब पैप्पलादि ने पूछा—'तब उनका ज्ञान कैसे हो सकता है ?' तब जाबालि ने उत्तर दिया कि—'विभूतिधारण से ही उसका ज्ञान होता है।' तब पैप्पलादि ने फिर पूछा—'उस विभूतिधारण का क्या प्रकार है ? वह कहाँ-कहाँ धारण करना चाहिए ?'

पुनः स तमुवाच सद्योजातादिपञ्चब्रह्ममन्त्रैर्भस्म संगृह्याग्निरिति भस्मेत्यनेनाभिमन्त्र्य मानस्तोक इति समुद्धृत्य जलेन संसृज्य त्र्यायुषमिति शिरोललाटवक्षःस्कन्धेष्विति तिसृभिस्त्र्यायुषैस्त्र्यम्बकैस्तिस्रो रेखाः प्रकुर्वीत। व्रतमेतच्छाम्भवं सर्वेषु वेदेषु वेदवादिभिरुक्तं भवति। तत्समाचरेन्मुमुक्षुर्न पुनर्भवाय ॥19॥

तब फिर जाबालि ने उत्तर दिया कि—'सद्योजातं०' आदि पाँच मंत्रों से भस्म को इकट्ठा करके, 'अग्निरिति भस्म'—आदि कहकर उसका अभिमंत्रण करके, 'मानस्तोके' आदि मंत्रों से उठाकर, जल से उसे मिश्रित करके 'त्र्यायुषं जमदग्ने०' आदि मंत्रों से मस्तक, ललाट, छाती और कन्धों पर उसे धारण करना चाहिए। बाद में, 'त्र्यायुषं' और 'त्र्यम्बकं' आदि मंत्रों से तीन रेखाएँ और खींचनी चाहिए। यह शांभव ब्रह्म है। इसे सभी वेदवादियों ने कहा है। मुमुक्षु को फिर से जन्म न लेना पड़े, इसलिए इसका आचरण करना चाहिए। (ऊपर जो सद्योजातादि पाँच मंत्रों का उल्लेख किया है, वे पूरे मंत्र इस प्रकार हैं—"ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः। भवे भवे नातिभवे भवस्व मां भवोद्भवाय नमः ॥1॥ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः। श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः। कालाय नमः कालविकरणाय नमो बलविकरणाय नमः ॥2॥ बलाय नमो बलप्रमथनाय नमः। सर्वभूतदमनाय नमो मनोन्मनाय नमः ॥3॥ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः सर्वेभ्यः सर्वशर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः ॥4॥ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि। तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् ॥5॥ तथा—"अग्निरिति भस्म। वायुरिति भस्म। जलमिति भस्म। स्थलमिति भस्म। व्योमेति भस्म। सर्वं ह वा इदं भस्म। मन एतानि चक्षूँषि भस्मानि।"—ये पूरे मंत्र हैं।

अथ सनत्कुमारः प्रमाणं पृच्छति। त्रिपुण्ड्रधारणस्य त्रिधा रेखा आललाटादाचक्षुषोराभ्रुवोर्मध्यतश्च ॥20॥

अब जब सनत्कुमार ने उसका प्रमाण (कद) पूछा तब उन्होंने कहा कि त्रिपुण्ड्र धारण करने के लिए तीन आडी रेखाएँ पूरे ललाट के मध्य, भौहों तथा नेत्रों तक खींचनी चाहिए।

याऽस्य प्रथमा रेखा सा गार्हपत्यश्चाकारो रजो भूर्लोकः स्वात्मा क्रियाशक्तिः ऋग्वेदः प्रातःसवनं प्रजापतिर्देवो देवतेति। याऽस्य द्वितीया रेखा सा दक्षिणाग्निरुकारः सत्त्वमन्तरिक्षमन्तरात्मा चेच्छाशक्तिर्यजुर्वेदो माध्यन्दिनसवनं विष्णुर्देवो देवतेति। याऽस्य तृतीया रेखा साऽऽहवनीयो मकारस्तमो द्यौर्लोकः परमात्मा ज्ञानशक्तिः सामवेदस्तृतीयसवनं महादेवो देवतेति ॥21॥

जो इसकी प्रथम रेखा है, वह गार्हपत्य अग्नि, अकार, रजोगुण, भूर्लोक, अपनी आत्मा, क्रियाशक्ति, ऋग्वेद और प्रातःसवन है, एवं प्रजापति देव उसके देवता हैं। जो इसकी दूसरी रेखा है, वह दक्षिणाग्नि, उकार, सत्त्वगुण, अन्तरिक्षलोक, अपनी अन्तरात्मा, इच्छाशक्ति, यजुर्वेद और मध्याह्नकालीन सवन है और इसके देव विष्णु हैं। जो इसकी तीसरी रेखा है, वह आहवनीय अग्नि सहित मकार है। वह तमोगुण, द्यौलोक, परमात्मा, ज्ञानशक्ति, सामवेद और तीसरा सवन है, महादेव इसके देवता हैं।

त्रिपुण्ड्रं भस्मना करोति यो विद्वान्ब्रह्मचारी गृही वानप्रस्थो यतिर्वा स महापातकोपपातकेभ्यः पूतो भवति। स सर्वान् वेदानधीतो भवति। स सर्वान्देवान्ध्यातो भवति। स सर्वेषु तीर्थेषु स्नातो भवति। स सकलरुद्रमन्त्रजापी भवति। न स पुनरावर्तते न स पुनरावर्तते ॥ इति ॥22॥
ॐ सत्यमित्युपनिषत् ॥23॥

इति जाबाल्युपनिषत्समाप्ता।

साधक इस प्रकार से भस्म से त्रिपुण्ड्र करता है। जो विद्वान् ब्रह्मचारी, गृहस्थी, वानप्रस्थी या संन्यासी हो, वह चाहे महापातकी हो तो भी त्रिपण्ड्रधारण से मुक्त होता है, उपपातकों से मुक्त होता है। उसने सभी सर्वदेवों का ध्यान कर लिया माना जाता है। उसे सभी तीर्थों में स्नान कर लिया माना जाता है। वह सकल रुद्रमंत्रों का जप किया हुआ माना जाता है। वह फिर से जन्म नहीं लेता, फिर से वह यहाँ आता नहीं है। यह सत्य है, ऐसा यह उपनिषत् कहती है, और यहाँ वह पूरी होती है।

इस प्रकार जाबाल्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ आप्यायन्तु ममाङ्गानि……ते मयि सन्तु। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(108) सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह ऋग्वेदीय परंपरा की उपनिषत् है। इसमें 'श्रीसूक्त' के अक्षरों के आधार पर देवी के मंत्र, चक्र आदि प्रकट किए हैं। देवसमूह और नारायण के प्रश्नोत्तररूप में यह उपनिषत् है। इसके तीन खण्ड हैं। प्रथम खण्ड में सौभाग्यलक्ष्मी का स्थान, श्रीसूक्त के ऋषि आदि का निरूपण, सौभाग्यलक्ष्मी चक्र, एकाक्षरी मंत्र, ऋषि आदि, एकाक्षरी चक्र और लक्ष्मी का विशेषमंत्र है। दूसरे खण्ड में योग्याधिकारी के लिए ज्ञानयोग, षण्मुखीमुद्रा से युक्त प्राणायामयोग, नादाविर्भावपूर्वक तीन ग्रन्थियों का विवेचन, अखण्ड ब्रह्माकारवृत्ति, निर्विकल्पभाव, समाधिलक्षण आदि हैं। तीसरे खण्ड में नवचक्रों का विस्तृत वर्णन है। अन्त में फलश्रुति है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि---वक्तारमवतु वक्तारम्। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (अक्षमालिकोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमः खण्डः

अथ भगवन्तं देवा ऊचुर्हे भगवन्नः कथय सौभाग्यलक्ष्मीविद्याम् ॥1॥
तथेत्यवोचद्भगवानादिनारायणः सर्वे देवा यूयं सावधानमनसो भूत्वा शृणुत। तुरीयरूपां तुरीयातीतां सर्वोत्कटां सर्वमन्त्रासनगतां पीठोपपीठ-देवतापरिवृतां चतुर्भुजां श्रियं हिरण्यवर्णामिति पञ्चदशर्गिर्ध्यायेत् ॥2॥

देवों ने भगवान् से कहा—'हे भगवन्! हमें सौभाग्यलक्ष्मी विद्या बताइए।' तब भगवान् नारायण ने 'अच्छा' ऐसा कहकर आगे कहा कि—तुम सब देवता सावधान होकर सुनो। महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती—इन तीनों से भी अलग एक चौथी शक्ति के या तो उससे भी परे, सर्वश्रेष्ठ, सभी मंत्रों के अधिष्ठानरूप ऐसी तथा जिसकी पीठ तथा उपपीठ देवताओं से घिरी हुई है, ऐसी चार हाथों वाली लक्ष्मीदेवी है। उसका 'हिरण्यवर्णां' आदि श्रीसूक्त की पंद्रह ऋचाओं से ध्यान करना चाहिए।

अथ पञ्चदश ऋगात्मकस्य श्रीसूक्तस्यानन्दकर्दमचिक्लीतेन्दिरासुता ऋषयः। श्रीरित्याद्या ऋचः चतुर्दशानामृचामानन्दाद्यृषयः। हिरण्य-वर्णाद्याद्यत्रयस्यानुष्टुप् छन्दः। कांसोस्मीत्यस्य बृहती छन्दः। तदन्ययो-र्द्वयोस्त्रिष्टुप्। पुनरष्टकस्यानुष्टुप्। शेषस्य प्रस्तारपङ्क्तिः। श्र्यग्निर्देवता। हिरण्यवर्णामिति बीजम्। कांसोऽस्मीति शक्तिः। हिरण्यमया चन्द्रा रजतस्रजा हिरण्यस्रजा हिरण्या हिरण्यवर्णेति प्रणवादिनमोन्तैश्च-

तुर्थ्यन्तैरङ्गन्यासः। अथ वक्त्रत्रयैरङ्गन्यासः। मस्तकलोचनश्रुतिघ्राण-वदनकण्ठबाहुद्वयहृदयनाभिगुह्यपायूरुजानुजङ्घेषु श्रीसूक्तैरेव क्रमशो न्यसेत् ॥3॥

पंद्रह ऋचाओं वाले इस श्रीसूक्त के आनन्द, कर्दम, चिक्लीत और इन्दिरापुत्र ऋषि हैं, पहली ऋचा के ऋषि श्रीदेवी स्वयं हैं। शेष चौदह ऋचाओं के ऋषि आनन्द आदि हैं। 'हिरण्यवर्णां०', तां म आवह०', और 'अश्वपूर्णाम्०'—इन तीन ऋचाओं का अनुष्टुप् छन्द है, 'कां सोऽस्मितां०'—इस ऋचा का छन्द बृहती है। इसके बाद की दो ऋचाओं का छन्द त्रिष्टुप् है। इसके बाद की आठ ऋचाओं का (अर्थात् 'उपैतु मां' से लेकर 'आर्द्रां यः करिणीम्०' तक) अनुष्टुप् छन्द है। अन्तिम ऋचा, अर्थात् 'तां म आवाह जातवेदो०'—इस पंद्रहवीं ऋचा का छन्द प्रस्तारपंक्ति नाम का है। श्री और लक्ष्मी इसकी देवताएँ हैं। 'हिरण्यस्रर्णां०'—यह बीज है। 'कां सोऽस्मि०'—यह शक्ति है। 'हिरण्मया, चन्द्रा, रजतस्रजा, हिरण्यस्रजा, हिरण्या, हिरण्यवर्णा'—ये छः अंग देवता हैं। उनके पहले प्रणव और अन्त में 'नमः' शब्द लगाकर उन शब्दों को चतुर्थ्यन्त करके अंगन्यास करने चाहिए। इसके बाद वक्त्रत्रयमंत्र से भी अंगन्यास हैं। मस्तक, आँखें, कान, नाक, मुख, कण्ठ, दोनों हाथ, हृदय, नाभि, गुह्यांग, गुद, ऊरुओं, जाँघों और पैरों में—पंद्रह स्थलों में श्रीसूक्त की पंद्रह ऋचाओं द्वारा क्रमशः न्यास करने चाहिए।

अमलकमलसंस्था तद्रजःपुञ्जवर्णा
करकमलधृतेष्टाऽभीतियुग्माम्बुजा च।
मणिकटकविचित्रालंकृताकल्पजालैः
सकलभुवनमाता सन्ततं श्रीः श्रियै नः ॥4॥

निर्मल कमलदल पर आसीन, कमलपराग के समूह जैसे वर्णवाली, चारों हाथों में क्रमशः वरमुद्रा, अभयमुद्रा और अन्य दो हाथों में दो कमल धारण करने वाली, मणिजडित कंकणों से विचित्र शोभावाली, सभी अलंकारों से विभूषित, सर्वलोक माता लक्ष्मी हमें सर्व प्रकार से सम्पन्न करें। इस मंत्र से भगवती का ध्यान करना चाहिए।

तत्पीठकर्णिकायां ससाध्यं श्रीबीजम्। वस्वादित्यकलापद्मेषु श्रीसूक्त-गताधार्धर्चा तद्बहिर्यः शुचिरिति मातृकया च श्रियं यन्त्राङ्गदशकं च विलिख्य श्रियमावाहयेत् ॥5॥

अब देवी का मंत्र कहा जाता है—उनकी पीठ पर कर्णिका में (बीजकोश में) प्रयत्नपूर्वक श्रीबीज 'श्रीं' लिखना चाहिए। बाद में आठ, बारह और सोलह दलवाले पद्मों के ऊपर तथा भूवृत्तों के बीच श्रीसूक्त का आधा-आधा मंत्र लिखना चाहिए। बाद में बीजकोश के बाहर—'यः शुचिः प्रयतो भूत्वा' आदि फलदर्शक मंत्र को लिखकर षोडशार के बीच तथा ऊपर 'अ'कार से लेकर 'क्षकार' तक मातृकावर्णों को लिखना चाहिए। इस तरह दस अंगों से युक्त श्रीचक्र बनाकर श्री का आवाहन करना चाहिए। (दस अंग ये है—प्रणव, षट्कोण, भूवृत्त, अष्टदल, भूवृत्त, द्वादशदल, भूवृत्त, द्वादशदल, भूवृत्त और निर्भूवृत्त।)

अङ्गैः प्रथमावृतिः। पद्मादिभिर्द्वितीया। लोकेशैस्तृतीया। तदायुधै-स्तुरीया वृतिर्भवति। श्रीसूक्तैरावाहनादि। षोडशसहस्रजपः ॥6॥

अब आवरण कहे जाते हैं कि—अंगन्यास की देवताएँ प्रथम आवरण है, दूसरे आवरण में पद्मा, पद्मवर्णा, पद्मस्था, आर्द्रा, तर्पयन्ती, तृप्ता, ज्वलन्ती, स्वर्णप्रकारा—ये आठ देवियाँ आती हैं। तीसरे आवरण में इन्द्रादि देव—दिक्पाल आते हैं। चौथे आवरण में वज्रादि आयुध लेने चाहिए। इस प्रकार पूजन करने के बाद सूक्त का सोलह हजार बार जप करने से पुरश्चरण होता है।

सौभाग्यरमैकाक्षर्या भृगुनिचृद्गायत्री। श्रिय ऋष्यादयः। शमिति बीजशक्तिः। श्रामित्यादि षडङ्गम् ॥7॥

सौभाग्यरमा नाम के एकाक्षरी मंत्र 'श्रीः' की उपासना का प्रकार यह है कि इस एकाक्षरी मंत्र के ऋषि भृगु हैं। निचृद्गायत्री इसका छन्द है, श्रीः देवता हैं, 'शं' बीज है, इस मंत्र के षडंग न्यास के लिए श्रां, श्रीं, श्रूं, श्रैं, श्रौं और श्रः—ये बीज हैं।

भूयाद्भूयो द्विपद्माभयवरदकरा तप्तकार्तस्वराभा
शुभ्राभ्राभेभयुग्मद्वयकरधृतकुम्भाद्भिरासिच्यमाना।
रक्तौघाबद्धमौलिर्विमलतरदुकूलार्तवालेपनाढ्या
पद्माक्षी पद्मनाभोरसि कृतवसतिः पद्मगा श्रीः श्रियै नः ॥8॥

यह ध्यानमंत्र है—"जिन्होंने ऊपर के दो हाथों में दो कमल धारण किए हैं तथा शेष दो हाथों में से एक के द्वारा अभयमुद्रा और दूसरे के द्वारा वरमुद्रा धारण की है। तपे हुए सोने-सा वर्णवाली, जिसके ऊपर सफेद बादल जैसे श्वेत दो हाथी अपनी सूँड़ में रखे हुए कुंभों से अभिषेक कर रहे हैं, ऐसी तथा जिसके मुकुट में रत्नों की लडियाँ लटक रहीं है ऐसी, सुन्दर रेशमी वस्त्र धारण करने वाली, ऋतु-अनुकूल फूलों की गन्ध से लेपित, कमलपत्र जैसी आँखों वाली, विष्णु के हृदयकमल में वास करने वाली, पद्मासना लक्ष्मी हम सबके ऊपर कल्याण करने वाली बने। (इस भावना के अनुसार ध्यान करना चाहिए।)

तत्पीठम्। अष्टपत्रं वृत्तत्रयं द्वादशराशिखण्डं चतुरस्रं रमापीठं भवति। कर्णिकायां ससाध्यं श्रीबीजम्। विभूतिरुन्नतिः कान्तिः सृष्टिः कीर्तिः सन्नतिर्व्युष्टिः सत्कृष्टिर्ऋद्धिरिति प्रणवादिनमोन्तैश्चतुर्थ्यन्तैर्नवशक्तिं यजेत् ॥9॥

इस मंत्र के लिए देवी का पीठ निम्नलिखित प्रकार से बनाना चाहिए। अष्टदल कमल बनाकर, उसकी चारों ओर तीन वर्तुल करके उनमें बारह राशियों के बारह विभाग करने चाहिए। फिर चतुरस्र बनाने से रमायंत्र (रमापीठ) होता है। अष्टदल की कर्णिका में (बीजकोश में) षट्कोण बनाकर उसके मध्य में साध्य के नाम के साथ 'श्रीं' (बीज) लिखना चाहिए। और विभूति, उन्नति, कान्ति, सृष्टि, कीर्ति, सन्नति, व्यष्टि, उत्कृष्टि और ऋद्धि—इन नव पीठशक्तियों का उन्हें चतुर्थी विभक्ति लगाकर, पहले प्रणव जोड़कर और बाद में नमः लगाकर पूजन करना चाहिए। (जैसे—'ॐ विभूत्यै नमः, ॐ उन्नत्यै नमः' आदि)।

अङ्गैः प्रथमावृत्तिः। वासुदेवादिभिर्द्वितीया। बालक्यादिभिस्तृतीया। इन्द्रादिभिश्चतुर्थी भवति। द्वादशलक्षजपः ॥10॥

और, आवरणपूजा के लिए षडंग से प्रथमावरण की तथा वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध की पूजा द्वारा द्वितीय आवरण की पूजा करनी चाहिए। और बालाकि, विमला, कमला, विभीषका, वनमालिका, मालिका और वसुमालिका का पूजन तीसरे आवरण के लिए करना चाहिए। और चौथे

आवरण की पूजा में इन्द्रसहित समस्त देवों की और वज्र आदि उनके सभी आयुधों की पूजा चाहिए और पुरश्चरण के लिए नियमानुसार बारह लाख मंत्रों का जप करना चाहिए।

श्रीलक्ष्मीर्वरदा विष्णुपत्नी वसुप्रदा हिरण्यरूपा स्वर्णमालिनी रजतस्रजा स्वर्णप्रभा स्वर्णप्राकारा पद्मवासिनी पद्महस्ता पद्मप्रिया मुक्तालंकारा चन्द्रसूर्या बिल्वप्रिया ईश्वरी भुक्तिर्मुक्तिर्विभूतिर्ऋद्धिः समृद्धिः कृष्टिः पुष्टिर्धनदा धनेश्वरी श्रद्धा भोगिनी भोगदा सावित्री धात्री विधात्रीत्यादि-प्रणवादिनमोन्ताश्चतुर्थ्यन्ता मन्त्राः। एकाक्षरवदङ्गादिपीठम्। लक्षजपः। दशांशं तर्पणम्। दशांशं हवनम्। द्विजतृप्तिः ॥11॥

विविध मंत्रों से लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इससे आदिनारायण ने विविध मंत्र बताए हैं। जैसे श्री, लक्ष्मी, वरदा, विष्णुपत्नी, वसुप्रदा, हिरण्यरूपा, स्वर्णमालिनी, रजतस्रजा, स्वर्णप्रभा, स्वर्णप्राकारा, पद्मवासिनी; पद्महस्ता, पद्मप्रिया, मुक्तालंकारा, चन्द्रा, सूर्या, बिल्वप्रिया, ईश्वरी, भुक्ति मुक्ति, विभूति, ऋद्धि, समृद्धि, कृष्टि, पुष्टि, धनदा, धनेश्वरी, श्रद्धा, भोगिनी, भोगदा, धात्री, विधात्री—ऐसे नाम लेकर उनके आगे प्रणव तथा अन्त में नमः जोड़कर नामों को चतुर्थ्यन्त बनाकर मन्त्र बनाना चाहिए। (जैसे ॐ श्रियै नमः, ॐ लक्ष्म्यै नमः इत्यादि।) इन सभी मंत्रों के अंगन्यास और पीठ-पूजा आदि तो एकाक्षरमंत्र—सौभाग्यरमा—की तरह ही करना चाहिए। इसका पुरश्चरण एक लाख जप का है, जप के दशांश का तर्पण और शतांश का हवन भी है। और ब्रह्मभोजन कराना चाहिए।

निष्कामानामेव श्रीविद्यासिद्धिः। न कदापि सकामानामिति ॥12॥

निष्काम भाव से पुरश्चरण करने वालों को ही सिद्धि मिलती है, सकाम लोगों को कभी सिद्धि नहीं होती है।

यहाँ प्रथम खण्ड पूरा होता है।

❋

द्वितीयः खण्डः

अथ हैनं देवा ऊचुस्तुरीयया मायया निर्दिष्टं तत्त्वं ब्रूहीति। तथेति स होवाच—
योगेन योगो ज्ञातव्यो योगो योगात्प्रवर्धते।
योऽप्रमत्तस्तु योगेन स योगी रमते चिरम् ॥1॥
समापय्य निद्रां सुजीर्णेऽल्पभोजी श्रमत्याज्यबाधे विविक्ते प्रदेशे।
सदा शीतनिस्तृष्ण एष प्रयत्नोऽथ वा प्राणरोधो निजाभ्यासमार्गात् ॥2॥
वक्त्रेणापूर्य वायुं हुतवहनिलयेऽपानमाकृष्य धृत्वा
स्वाङ्गुष्ठाद्यङ्गुलीभिर्वरकरतलयोः षड्भिरेवं निरुध्य।
श्रोत्रे नेत्रे च नासापुटयुगलमथोऽनेन मार्गेण सम्यक्
पश्यन्ति प्रत्ययांशं प्रणवबहुविधध्यानसंलीनचित्ताः ॥3॥

भगवान् आदिनारायण से देवों ने कहा—'त्रिगुणातीत तुर्या माया का रहस्य कहिए।' तब नारायण ने 'ठीक है' कहकर आगे कहा—योग से योग को जानना चाहिए। योग योग से बढ़ता है। जो सावधान होकर योगपरायण होता है, वह योगी दीर्घायु होता है। योगी को पर्याप्त निद्रा लेकर,

खाया हुआ पच जाने पर ही अल्पाहार लेकर, श्रम न हो ऐसे निर्विघ्न एकान्त स्थल में बैठकर, मन को तृष्णारहित बनाने का हमेशा ही प्रयत्न करते रहना चाहिए। अथवा प्राप्त किए ज्ञानानुसार प्राणायाम करना चाहिए। मुँह से वायु को जठर में भरकर नीचे जाते हुए अपान को वापस खीचकर उन दोनों का सम्मिश्रण होने देना चाहिए। इस समय हाथ के अँगूठे, अँगुलियाँ और दोनों करतलों से दोनों कान, दोनों आँखें, दोनों नासिकाओं को बन्द कर देना चाहिए और चित्त में ओम्कार का प्रयत्नपूर्वक ध्यान करना चाहिए। ऐसा करने से योगी लोग सभी पदार्थों को अपने समीप में ही देख सकते हैं।

श्रवणमुखनयननासानिरोधनेनैव कर्तव्यम्।
शुद्धसुषुम्नासरणौ स्फुटममलं श्रूयते नादः ॥4॥
विचित्रघोषसंयुक्तानाहते श्रूयते ध्वनिः।
दिव्यदेहश्च तेजस्वी दिव्यगन्धोऽप्यरोगवान् ॥5॥
सम्पूर्णहृदयः शून्ये त्वारम्भे योगवान्भवेत्।
द्वितीयां विघटीकृत्य वायुर्भवति मध्यगः ॥6॥

कान, मुख, आँख तथा नासिका का इस तरह निरोध करना चाहिए, जिससे साधक को शुद्ध सुषुम्ना नाडी में प्राण का अवस्थान होता है, एवं उसे अनाहतनाद सुनाई पड़ता है। अनाहतनाद में विचित्र प्रकार की आवाजों से भरी हुई ध्वनि सुनाई पड़ती है। ऐसे प्राणनिरोध करने वाला योगी दिव्यदेहधारी, तेजस्वी, दिव्यगंधयुक्त, नीरोगी और परिपूर्ण हृदय वाला होता है। एकान्त में इसका अभ्यास करने से योगसिद्धि होती है। इस तरह करने से प्राणवायु इडा को छोड़कर सुषुम्णा में स्थित होता है।

दृढासनो भवेद्योगी पद्माद्यासनसंस्थितः।
विष्णुग्रन्थेस्ततो भेदात्परमानन्दसम्भवः ॥7॥
अतिशून्यो विमर्दश्च भेरीशब्दस्ततो भवेत्।
तृतीयां यत्नतो भित्त्वा निनादो मर्दलध्वनिः ॥8॥
महाशून्यं ततो याति सर्वसिद्धिसमाश्रयम्।
चित्तानन्दं ततो भित्त्वा सर्वपीठगतानिलः ॥9॥

योगी को प्रथम आसनसिद्धि प्राप्त कर लेनी चाहिए। पद्मासनादि में से किसी एक आसन पर स्थिर होने से प्रथम विष्णुग्रन्थि का भेद होता है, और उससे उसे परम आनंद होता है। उस समय उसे घबरा देने वाला भेरी शब्द सुनाई देता है। वह शब्द अतिशून्य से (गहराई से) आता है। तब वायु पिंगला नाडी को यत्नपूर्वक छोड़ देता है, तब उस समय तीसरी ग्रन्थि (रुद्रग्रन्थि—मणिपूरक चक्र) को भेदकर चलने पर मृदंग जैसी आवाज आने लगती है। इसके बाद प्राणवायु अन्य चक्रों का भेदन करता हुआ महाशून्य (आकाशचक्र) में पहुँच जाता है, और वहाँ सभी सिद्धियाँ उसे मिल जाती हैं। इसके बाद प्राणवायु चित्त के आनन्द को भी भेदकर कामरूपादि सभी पीठों में गतिशील हो जाता है।

निष्पत्तौ वैणवः शब्दः क्वणतीति क्वणो भवेत्।
एकीभूतं तदा चित्तं सनकादिमुनीडितम् ॥10॥
अन्तेऽनन्तं समारोप्य खण्डेऽखण्डं समर्पयन्।
भूमानं प्रकृतिं ध्यात्वा कृतकृत्योऽमृतो भवेत् ॥11॥
योगेन योगं संरोध्य भावं भावेन चाञ्जसा।
निर्विकल्पं परं तत्त्वं सदा भूत्वा परं भवेत् ॥12॥

अहंभावं परित्यज्य जगद्भावमनीदृशम्।
निर्विकल्पे स्थितो विद्वान्भूयो नाप्यनुशोचति ॥13॥

ऐसी क्षमता से उसे वेणुनाद जैसा नाद सुनाई पड़ता है। उस समय चित्त एकाग्रवृत्ति वाला हो जाता है। सनकादि मुनियों ने ऐसे चित्त को प्रशस्त कहा है। तब योगी सान्त में अनन्त का (खण्ड में अखण्ड का) लय करके ज्ञानगम्य ब्रह्म और प्रकृति का ध्यान करते हुए कृतकृत्य बनता है। वह अमर बन जाता है। इस प्रकार असंप्रज्ञात योग से संप्रज्ञात योग को अपने वश में करके, छोटे भाव की सहायता से ही बड़े भाव को प्राप्त करके निरन्तर निर्विकल्प होकर वह परम भाव को प्राप्त होता है। अहंभाव को छोड़कर जो आत्मभाव से अलग जगद् भाव को भी छोड़ देता है, वह निर्विकल्प भाव में स्थित हो जाता है, तो फिर निर्विकल्पभाव में स्थित ऐसे योगी के लिए और कुछ सोचने के लिए शेष ही नहीं रहता।

सलिले सैन्धवं यद्वत्साम्यं भवति योगतः।
तथात्ममनसोरैक्यं समाधिरभिधीयते ॥14॥
यदा संक्षीयते प्राणो मानसं च प्रलीयते।
तदा समरसत्वं यत्समाधिरभिधीयते ॥15॥
यत्समत्वं तयोरत्र जीवात्मपरमात्मनोः।
समस्तनष्टसंकल्पः समाधिरभिधीयते ॥16॥
प्रभाशून्यं मनःशून्यं बुद्धिशून्यं निरामयम्।
सर्वशून्यं निराभासं समाधिरभिधीयते ॥17॥
स्वयमुच्चलिते देहे देही नित्यसमाधिना।
निश्चलं तं विजानीयात्समाधिरभिधीयते ॥18॥

जैसे पानी में नमक पिघलकर एकरूप हो जाता है, उसी तरह आत्मा और मन की एकरूपता को समाधि कहते हैं। जब प्राण क्षीण हो जाता है और मन का विलय हो जाता है, तब जो सामरस्य होता है उसे समाधि कहते हैं। जिसमें सभी संकल्प नष्ट हो जाते हैं, ऐसे जीव और ब्रह्म के ऐक्य को समाधि कहा जाता है। जब कुछ भी आभास नहीं होता, मनोरहित, बुद्धिशून्य, किसी उपद्रवरहित संसारबोधरहित जो अवस्था है, उसे समाधि कहते हैं शरीर के गतिशील होने पर भी चित्त समाधि वाला हो, तो वह योगी निश्चल है, ऐसा समझो। वह समाधि कहलाती है।

यत्र यत्र मनो याति तत्रतत्र परं पदम्।
तत्रतत्र परं ब्रह्म सर्वत्र समवस्थितम् ॥19॥

समाधिस्थ के लिए तो जहाँ जहाँ मन जाता है, वहाँ-वहाँ परमपद ही है। और जहाँ-जहाँ परमपद-ब्रह्म होता है, वहाँ-वहाँ समानता होती है।

यहाँ दूसरा खण्ड पूरा हुआ।

❋

तृतीयः खण्डः

अथ हैनं देवा ऊचुर्नवचक्रविवेकमनुब्रूहीति। तथेति स होवाच—आधारे ब्रह्मचक्रं त्रिरावृतं भगमण्डलाकारम्। तत्र मूलकन्दे शक्तिः पावकाकारं ध्यायेत्। तत्रैव कामरूपपीठं सर्वकामप्रदं भवति। इत्याधारचक्रम् ॥1॥

तब देवों ने भगवान् आदिनारायण से पूछा—'नवचक्र (श्रीचक्र) का विवेक (विवरण) कहिए।' नारायण ने तब 'अच्छा' ऐसा कहकर आगे कहा—आधार अर्थात् मूलाधार में ब्रह्मचक्र स्थित है। वह तीन वृत्तों से घिरा हुआ वक्राकार स्वरूप का है। उसमें मूलकन्द में अग्निज्योति जैसी ज्योति का ध्यान करना चाहिए। वहाँ सभी कामनाओं का परिपूरक कामरूप पीठ आया हुआ है।

द्वितीयं स्वाधिष्ठानचक्रं षड्दलम्। तन्मध्ये पश्चिमाभिमुखं लिङ्गं प्रवालाङ्कुरसदृशं ध्यायेत्। तत्रैवोड्याणपीठं जगदाकर्षणसिद्धिदं भवति ॥2॥

दूसरा स्वाधिष्ठान चक्र है। वह छः दलों वाले कमल के आकारवाला है। उसके बीच—कर्णिका में पश्चिमाभिमुखी, प्रवाल जैसे रंग वाले, अंकुर की तरह दृश्यमान लिंग (शिवलिंग) का ध्यान करना चाहिए। वहाँ पर समस्त जगत् को आकृष्ट करने की सिद्धि देने वाला उड्याणपीठ स्थित है।

तृतीयं नाभिचक्रं पञ्चावर्तं सर्पकुटिलाकारम्। तन्मध्ये कुण्डलिनीं बालार्ककोटिप्रभां तडित्प्रभां (तनुमध्यां) ध्यायेत्। सामर्थ्यशक्तिः सर्वसिद्धिप्रदा भवति। मणिपूरकचक्रम् ॥3॥

तीसरा नाभिचक्र (मणिपूरकचक्र) है। वह साँप जैसे टेढ़े-मेढ़े पाँच आवर्तों से घिरा हुआ है। उसके बीच कुण्डलिनी शक्ति स्थित है। वह प्रातःकालीन उदीयमान करोड़ों सूर्यों जैसी कान्तिवाली है, और बिजली जैसी चमकीली है। उसके उस प्रकार के रूप का ध्यान करना चाहिए। उससे सर्वसिद्धिदायक सामर्थ्य प्राप्त होता है। उसे मणिपूरकचक्र कहा जाता है।

हृदयचक्रमष्टदलमधोमुखम्। तन्मध्ये ज्योतिर्मयलिङ्गाकारं ध्यायेत्। सैव हंसकला सर्वप्रिया सर्वलोकवश्यकरी भवति ॥4॥

चौथा हृदयकमल है। वह आठ दलों वाला है। और उल्टा होकर स्थित है। उसमें ज्योतिर्मय तथा लिंगाकार रूप में अवस्थित जीव का ध्यान करना चाहिए। इस ध्यान से हंसकला नाम की सभी लोकों को वश में करने वाली और सभी को प्रिय लगने वाली शक्ति (सिद्धि) प्राप्त होती है। (यह अनाहतचक्र है।)

कण्ठचक्रं चतुरङ्गुलम्। तत्र वामे इडा चन्द्रनाडी दक्षिणे पिङ्गला सूर्यनाडी तन्मध्ये सुषुम्नां श्वेतवर्णां ध्यायेत्। य एवं वेदानाहतसिद्धिदा भवति ॥5॥

पाँचवाँ कण्ठस्थान में अवस्थित कण्ठचक्र (विशुद्धिचक्र) है। वह चार अँगुलियों के प्रमाण वाला है। उसकी बाँयी ओर इडा नाम की चन्द्रनाडी है और दाहिनी ओर पिंगला नाम की सूर्यनाडी है। उन दोनों के बीच में सफेद रंग की सुषुम्ना नाडी का ध्यान करना चाहिए। जो इस प्रकार जानता (ध्यान करता) है, वह अन्यों को भी अनाहत की सिद्धि देने वाला हो जाता है।

तालुचक्रम्। तत्रामृतधाराप्रवाहः। घण्टिकालिङ्गमूलचक्ररन्ध्रे राजदन्तावलम्बिनीविवरं दशद्वादशारम्। तत्र शून्यं ध्यायेत्। चित्तलयो भवति ॥6॥

तालुप्रदेश में तालुचक्र आया हुआ है। वहाँ अमृत का धाराप्रवाह बह रहा है। वहाँ घण्टिका के का लिंग है। इस चक्र के मध्य में आए हुए छिद्र में राजदन्तों के मूल के छिद्र जुड़े हुए हैं।

(ऊपर के जबड़े के बीच में आए हुए दो बड़े दाँत राजदन्त कहे जाते हैं।) उस छिद्र को (ब्रह्मरन्ध्र को) दशम द्वार कहा जाता है। वहाँ पर शून्य का ध्यान करना चाहिए। इससे चित्त का लय होता है।

सप्तमं भ्रूचक्रमङ्गुष्ठमात्रम्। तत्र ज्ञाननेत्रं दीपशिखाकारं ध्यायेत्। तदेव कपालकन्दवाक्सिद्धिदं भवत्याज्ञाचक्रम् ॥7॥

सातवाँ भूचक्र है। वह दोनों भौंहों के बीच में स्थित है। एक अँगूठे जितना उसका परिमाण है। वहाँ दीपक की ज्योति जैसा ज्ञाननेत्र है। उसका ध्यान करना चाहिए। इसी चक्र को वाक्सिद्धिप्रद, कपालकन्द अथवा आज्ञाचक्र कहा जाता है।

ब्रह्मरन्ध्रं निर्वाणचक्रम्। तत्र सूचिकागृहेतरं धूम्रशिखाकारं ध्यायेत्। तत्र जालन्धरपीठं मोक्षप्रदं भवतीति परब्रह्मचक्रम् ॥8॥

आठवाँ चक्र ब्रह्मरन्ध्र में आया हुआ है। वह निर्वाणचक्र है। उसमें सूई की नोक जैसे प्रमाणवाला धूम्रशिखा के आकार वाले का ध्यान करना चाहिए। वहाँ जालन्धरपीठ आया हुआ है। यह चक्र मोक्षदायक होता है, इसलिए इस निर्वाणचक्र को पखब्रह्मचक्र का कहा गया है।

नवममाकाशचक्रम्। तत्र षोडशदलपद्ममूर्ध्वमुखं तन्मध्यकर्णिकात्रिकूटाकारम्। तन्मध्ये ऊर्ध्वशक्तिः। तां पश्यन्ध्यायेत्। तत्रैव पूर्णगिरिपीठं सर्वेच्छासिद्धिसाधनं भवति ॥9॥

नवाँ चक्र आकाशचक्र है। वह सोलह दलों वाले कमल के आकार का है। वह ऊर्ध्वमुखी है। उसकी मध्यकर्णिका त्रिकूटाकार (तीन शिखरों जैसी) है। उसमें ऊर्ध्व, शक्तिदायक, परशून्य का ध्यान करना चाहिए। वहाँ पर पूर्णगिरि पीठ है। यह चक्र सभी इच्छाओं की सिद्धि का साधन माना जाता है।

सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषदं नित्यमधीते सोऽग्निपूतो भवति। स वायुपूतो भवति। स सकलधनधान्यसत्पुत्रकलत्रहयभूगजपशुमहिषीदासीदासयोग-ज्ञानवान्भवति। न स पुनरावर्तते न स पुनरावर्तत इत्यु-पनिषत् ॥10॥

इति सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत्समाप्ता।

इस प्रकार सौभाग्यलक्ष्मी नामक उपनिषत् जो नित्य पढ़ता है, वह (ज्ञानरूपी) अग्नि से पवित्र होता है, वह वायु से पवित्र होता है, वह हरएक प्रकार से धन, धान्य, सत्पुत्रों, स्त्री, घोड़ों, भूमि, हाथियों, भैंसों, पशुओं, महिषियों, दासियों, दासों आदि से युक्त तथा योग के ज्ञानवाला होता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता, ऐसा यह उपनिषत् कहती है।

यहाँ तृतीय खण्ड पूरा हुआ।

इस प्रकार सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि····वक्तारमवतु वक्तारम्। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(109) सरस्वतीरहस्योपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

यह उपनिषद् कृष्णयजुर्वेदीय है। आश्वलायन और ऋषियों के संवाद के रूप में है। इसमें महासरस्वती का तात्विक स्वरूप बताया गया है। पहले दशश्लोकी सरस्वती विद्या बताई है। यह तत्त्वज्ञान का साधन है। बाद में उस विद्या के ऋषि, देवता, छन्द आदि बताए हैं। फिर उन दसों श्लोकों के अलग-अलग देवता, ऋषि और छन्द आदि बताए हैं। फिर सरस्वती की प्रार्थना, उनका ब्रह्मत्व, उनका प्रकृतित्व, मायेश्वरत्व (पुरुषत्व), ईश्वरत्व बताया है। माया की आवरण और विक्षेप शक्तियों का उद्भव, जीवस्वरूप, आवरणनाश, छः प्रकार की समाधियाँ, साक्षात्कार, मुक्ति एवं फलश्रुति भी दी गई है।

शान्तिपाठः

ॐ सह नानवतु। सह नौ---मा विद्विषावहै। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (शारीरकोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

ऋषयो ह वै भगवन्तमाश्वलायनं सम्पूज्य पप्रच्छुः—
केनोपायेन तज्ज्ञानं तत्पदार्थावभासकम्।
यदुपासनया तत्त्वं जानासि भगवन्वद ॥1॥
सरस्वतीदशश्लोक्या सऋचा बीजमिश्रया।
स्तुत्वा जप्त्वा परां सिद्धिमलभं मुनिपुङ्गवाः ॥2॥

ऋषियों ने भगवान् आश्वलायन की पूजा करके उनसे पूछा—"हे भगवन्! किस उपाय से ब्रह्मसाक्षात्कारी ब्रह्मज्ञान प्राप्त होता है, यह आप जानते हैं। जिस उपासना से यह ज्ञान आपने प्राप्त किया हो, वह हमें बताइए।" तब ऋषियों के इस प्रश्न के उत्तर में आश्वलायन ने कहा कि, "हे मुनिवर्यो! बीजयुक्त सरस्वतीसूक्त की दश ऋचाओं का जप और उस सूक्त द्वारा स्तुति करके मैं इस परम सिद्धि को प्राप्त कर सका हूँ।"

ऋषय ऊचुः—
कथं सारस्वतप्राप्तिः केन ध्यानेन सुव्रत।
महासरस्वती येन तुष्टा भगवती वद ॥3॥

ऋषियों ने पूछा—"हे सुव्रत! कौन-से ध्यान से, कौन-सी विधि से ज्ञानप्राप्ति होती है? और महासरस्वती कैसे प्रसन्न होती है? यह उपासना आप हमें बताइए।

स होवाचाश्वलायनः—अस्य श्रीसरस्वती दशश्लोकीमहामन्त्रस्य अहमाश्वलायन ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीवागीश्वरी देवता। यद्वागिति

बीजम्। देवीं वाचमिति शक्तिः। प्रणो देवीति कीलकम्। विनियोग-स्तत्प्रीत्यर्थे। श्रद्धा मेधा प्रज्ञा धारणा वाग्देवता महासरस्वतीत्येतैरङ्ग-न्यासः ॥4॥

तब आश्वलायन ने कहा—इस सरस्वती दशश्लोक महामंत्र के आश्वलायन ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, श्रीवागीश्वरी देवता है, 'यद्वाग्'–यह बीज है, 'देवी वाचम्'–यह शक्ति है, 'प्रणो देवी'–यह कीलक है, उनकी प्रीति में विनियोग है। श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, धारणा, वाग्देवता, महासरस्वती—इन नामों से अंगन्यास है।

नीहारहारघनसारसुधाकराभां
कल्याणदां कनकचम्पकदामभूषाम्।
उत्तुङ्गपीनकुचकुम्भमनोहराङ्गीं वाणीं
नमामि मनसा वचसा विभूत्यै ॥5॥

अब ध्यानमंत्र यह है--"बर्फ की हारमाला, कर्पूर की राशि और चन्द्र की धवलता समान श्वेत कान्तिवाली, कल्याणकारिणी, सुवर्ण तथा चम्पक पुष्पों की माला जैसे वर्ण वाली, उन्नत, पुष्ट कुचकुम्भ तथा मनोहर अंगोंवाली सरस्वती को मैं वाणी का वैभव प्राप्त करने के लिए मन से प्रणाम करता हूँ।" इस प्रकार का ध्यान करना चाहिए।

ॐ प्रणो देवीत्यस्य मन्त्रस्य भरद्वाज ऋषिः। गायत्री छन्दः। श्रीसरस्वती देवता। प्रणवेन बीजशक्तिः कीलकम्। इष्टार्थे विनियोगः। मन्त्रेण न्यासः ॥6॥

'प्रणो देवी०'—इस मंत्र के भरद्वाज ऋषि हैं, गायत्री छन्द है, सरस्वती देवता हैं, प्रणव बीज-शक्ति और कीलक है। अभीष्ट सिद्धि के लिए विनियोग है, मंत्र से षडंगन्यास किया जाता है।

या वेदान्तार्थतत्त्वैकस्वरूपा परमार्थतः।
नामरूपात्मना व्यक्ता सा मां पातु सरस्वती ॥7॥
ॐ प्रणो देवी सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती। धीनामवित्र्यवतु ॥8॥

जो सरस्वती परमार्थ रूप से उपनिषदों के तत्त्व का (ब्रह्म का) ही एक रूप है, और सरस्वती के नाम-रूप से सगुण हुई है वह मेरी रक्षा करे। (अब जपमंत्र यह है—) ऊपर के ध्यानमंत्र से ध्यान करके जप करना चाहिए कि—अन्न से पूर्ण और उपासकों का रक्षण करने वाली सरस्वती हमारा रक्षण करें। हमें अधिक अन्न दें, हमें तृप्त करें।

आ नो दिव इति मन्त्रस्य अत्रिर्ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। सरस्वती देवता। ह्रीमिति बीजशक्तिः कीलकम्। इष्टार्थे विनियोगः। मन्त्रेण न्यासः ॥9॥
या साङ्गोपाङ्गवेदेषु चतुर्ष्वेकैव गीयते।
अद्वैता ब्रह्मणः शक्तिः सा मां पातु सरस्वती ॥10॥
ह्रीं आ नो दिवो बृहतः पर्वतादा सरस्वती यजतागंतु यज्ञम्। हवं देवी जुजुषाणा घृताची शग्मां नो वाचमुशती शृणोतु ॥11॥

'आ नो दिव०'—इत्यादि मंत्र के अत्रि ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं, 'ह्रीं' बीजशक्ति और कीलक है, इष्ट अर्थप्राप्ति में इसका विनियोग है। और मंत्र से न्यास है। ध्यानमंत्र यह है—"जो अंग-उपांग सहित सभी वेदों में ब्रह्म की अद्वैतशक्ति के रूप में गाई जाती है, वह सरस्वती

मेरा रक्षण करे।'' जपमंत्र यह है—''हमारे द्वारा पूजित सरस्वती द्युलोक में बड़े पर्वताकार मेघों में होकर हमारे यज्ञ में आएँ। और हमारे आनन्ददायक स्तोत्र प्रेम से सुनें।''

पावका न इति मन्त्रस्य मधुच्छन्द ऋषिः। गायत्री छन्दः। सरस्वती देवताः। श्रीमिति बीजशक्तिः कीलकम्। इष्टार्थे विनियोगः। मन्त्रेण न्यासः ॥12॥
या वर्णपदवाक्यार्थस्वरूपेणैव वर्तते।
अनादिनिधानानन्ता सा मां पातु सरस्वती ॥13॥
श्रीं पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती। यज्ञं वष्टु धिया वसुः ॥14॥

'पावका न०'—इत्यादि मंत्र के मधुच्छन्दा ऋषि हैं, गायत्री छन्द, सरस्वती देवता, श्रीं बीज-इष्टार्थ में विनियोग और मंत्र से न्यास होता है। ध्यानमंत्र इस प्रकार है—''जो वर्ण, पद, वाक्य और अर्थ के रूप में रहती है, और जो उत्पत्ति और नाश से रहित है ऐसी सरस्वती मेरी रक्षा करें''। जपमंत्र यह है—''पवित्र करने वाली, अनादि सम्पत्ति वाली सरस्वती देवी हमारे यज्ञ में पधारें और धनप्राप्ति करवाकर (धनप्राप्ति कराने वाली बुद्धि देकर) हमारा यज्ञ पूर्ण कराएँ।

चोदयित्रीति मन्त्रस्य मधुच्छन्द ऋषिः। गायत्री छन्दः। सरस्वती देवता।
ब्लूमिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥15॥
अध्यात्ममधिदैवं च देवानां सम्यगीश्वरी।
प्रत्यगास्ते वदन्ती या सा मां पातु सरस्वती ॥16॥
ब्लूं चोदयित्री सूनृतानां चेतन्ती सुमतीनाम्। यज्ञं दधे सरस्वती ॥17॥

'चोदयित्री०' आदि मंत्र के मधुच्छन्दा ऋषि, गायत्री छन्द, सरस्वती देवता, 'ब्लूं', बीज-शक्ति और कीलक, इष्टार्थ में विनियोग और मंत्र से न्यास होता है। ध्यानमंत्र है—''जो देवों का अध्यात्म और अधिदैव तत्त्वरूप है, जो भीतर बोलती हुई-सी है, ऐसी सरस्वती हमारी रक्षा करें।'' जप मंत्र यह है—''प्रिय और सत्य बोलने की प्रेरणा देने वाली, सज्जनों को उनके उत्तम कार्यों में प्रेरणा देने वाली सरस्वती ने यज्ञ को धारण किया है। उन्हीं के आधार पर इस यज्ञ की पूर्णता अवलम्बित है। इसलिए वे यज्ञ को सफल बनाएँ''।

महो अर्ण इति मन्त्रस्य मधुच्छन्द ऋषिः। गायत्री छन्दः। सरस्वती देवता। सौरिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥18॥
अन्तर्याम्यात्मना विश्वं त्रैलोक्यं या नियच्छति।
रुद्रादित्यादिरूपस्था यस्यामावेश्य तां पुनः।
ध्यायन्ति सर्वरूपैका सा मां पातु सरस्वती ॥19॥
सौः महो अर्णः सरस्वती प्रचेतयति केतुना। धियो विश्वा विराजति ॥20॥

'महो अर्ण०' इत्यादि मंत्र के मधुच्छन्दा ऋषि, गायत्री छन्द, सरस्वती देवता, सौः बीजशक्ति और कीलक, इष्टप्राप्ति के लिए विनियोग तथा मंत्र से न्यास होता है। ध्यानमंत्र यह है—''जो अपने अन्तर्यामी स्वरूप से समग्र विश्व में व्याप्त होकर उसे शक्ति देती है, ऐसी रुद्र-सूर्यादि के रूप में रहने

वाली हमारी रक्षा करें।'' जपमंत्र यह है—''नदी के रूप में स्थित सरस्वती अपने प्रवाहरूपी कर्म से अपनी अगाध जलराशि का परिचय देती हैं और देवी के रूप में वह अपने बुद्धि-प्रवाह से अपनी अगाधता को बताती है''।

चत्वारि वागिति मन्त्रस्य उचथ्यपुत्र ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। सरस्वती देवता। ऐमिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥21॥
या प्रत्यग्दृष्टिभिर्जीवैर्व्यज्यमानानुभूयते।
व्यापिनी ज्ञप्तिरूपैका सा मां पातु सरस्वती ॥22॥
ऐं चत्वारि वाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः। गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ॥23॥

'चत्वारि वाग्०' इत्यादि मंत्र के उचथ्यपुत्र (दीर्घतमा) ऋषि, त्रिष्टुप् छन्द, सरस्वती देवता, 'ऐं' बीजशक्ति और कीलक है। इष्ट-प्राप्त्यर्थ विनियोग और मंत्र से न्यास है। ध्यान मंत्र है—''जो व्यापक तथा चिद्रूप होने पर भी सामान्य जनों के द्वारा विविध रूपों में अभिव्यक्त दिखाई देती है, वह सरस्वती हमारी रक्षा करें।'' जप मंत्र यह है—''परा-पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरी—इन चार रूपों वाली वाणी को विद्वान् जानते हैं। उनमें से पहली तीन हृदय-गुफा में छिपकर रहती हैं। मनुष्य चौथी वैखरी वाणी बोलते हैं''। (इस प्रकार वाणी चार प्रकार की है)।

यद्वाग्वदन्तीति मन्त्रस्य भार्गव ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। सरस्वती देवता।
क्लीमिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥24॥
नामजात्यादिभिर्भेदैरष्टधा या विकल्पिता।
निर्विकल्पात्मना व्यक्ता सा मां पातु सरस्वती ॥25॥
क्लीं यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा। चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्व स्विदस्याः परमं जगाम ॥26॥

'यद्वाग्वदन्त्य०' इत्यादि मंत्र के ऋषि भार्गव हैं, त्रिष्टुभ् छन्द है, सरस्वती देवता, 'क्लीं' बीज-शक्ति और कीलक, इष्टप्राप्ति के लिए विनियोग और मंत्र से न्यास होता है। ध्यानमंत्र यह है—''नाम, जाति के भेद से जो आठ प्रकार की है (नाम, धातु, उपसर्ग, निपात, जाति, गुण, क्रिया और यदृच्छा।) परन्तु जो स्वयं निर्विकल्प और व्यक्त है, ऐसी सरस्वती मेरी रक्षा करो।'' जपमंत्र यह है—देवताओं को आनन्द देनेवाली, दिव्य भाव धारण करने वाली, अज्ञानियों को ज्ञान देने वाली यह सरस्वती यज्ञ में विराजित होकर चारों दिशाओं के लिए अन्न-जल का दोहन-सर्जन करती हैं। यह मध्यमा वाणी सरस्वती का परमतत्त्व है। वह कहाँ जा रही हैं ?

देवीं वाचमिति मन्त्रस्य भार्गव ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। सरस्वती देवता।
सौरिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥27॥
व्यक्ताव्यक्तगिरः सर्वे वेदाद्या व्याहरन्ति याम्।
सर्वकामदुघा धेनुः सा मां पातु सरस्वती ॥28॥
सौः देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति। सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतैतु ॥29॥

'देवीं वाचं०' इत्यादि मंत्र के भार्गव ऋषि, त्रिष्टुभ् छन्द, सरस्वती देवता, 'सौः' बीजशक्ति और कीलक, इष्टप्राप्ति के लिए विनियोग और मंत्र से न्यास है। ध्यानमंत्र यह है—''वेदादि शास्त्र जिसे

व्यक्त और अव्यक्त वाणी कहते हैं, वे सरस्वती सबकी कामधेनु मेरी रक्षा करें।'' जपमंत्र यह है—''प्राणदेवताओं ने जिस वैखरी वाणी को उत्पन्न किया है, उसे जगत् के जीव बोल रहे हैं। वह कामधेनु जैसी अन्न और बल देने वाली वैखरीरूपा सरस्वती हमारी स्तुतियों से प्रसन्न होकर हमारे समीप आकर हमारी सभी कामनाएँ पूर्ण करें।''

उत त्व इति मन्त्रस्य बृहस्पतिर्ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। सरस्वती देवता।
समिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥30॥
यां विदित्वाखिलं बन्धं निर्मथ्याखिलवर्त्मना।
योगी याति परं स्थानं सा मां पातु सरस्वती ॥31॥
सं उत त्वः पश्यन्न ददर्श वाचमुत त्वः शृण्वन्न शृणोत्येनाम्। उतो त्वस्मै
तन्वं विसस्त्रे जायेव पत्य उशती सुवासाः ॥32॥

'उत त्व०' इत्यादि मंत्र के बृहस्पति ऋषि, त्रिष्टुप् छन्द, सरस्वती देवता, 'सं' बीजशक्ति तथा कीलक, इष्टप्राप्ति के लिए विनियोग और मंत्र से न्यास होता है। ध्यानमंत्र यह है—''सर्वमार्गों से जिसे जानकर, योगी लोग बन्धों को छिन्न-भिन्न करके परमस्थान को प्राप्त करते हैं, वह सरस्वती मेरी रक्षा करें।'' जप मंत्र यह है—''कुछ लोग इस वाणी को देखने पर भी नहीं देख सकते (नहीं समझ सकते)। सुनने पर नहीं सुन सकते। जबकि कुछ लोगों के लिए तो वह उसी प्रकार प्रकट हो जाती है, जैसे पति की इच्छा करने वाली वस्त्राभूषणों से अलंकृत स्त्री अपने को पति के समक्ष निर्वस्त्र होकर समर्पित कर देती है।

अम्बितम इति मन्त्रस्य गृत्समद ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। सरस्वती
देवता। ऐमिति बीजशक्तिः कीलकम्। मन्त्रेण न्यासः ॥33॥
नामरूपात्मकं सर्वं यस्यामावेश्य तां पुनः।
ध्यायन्ति ब्रह्मरूपैका सा मां पातु सरस्वती ॥34॥
ऐं अम्बितमे नदीतमे देवितमे सरस्वती। अप्रशस्ता इव स्मसि प्रशस्ति-
मम्ब नस्कृधि ॥35॥

'अम्बितम०' इत्यादि मंत्र के ऋषि गृत्समद, छन्द अनुष्टुप्, देवता सरस्वती, तथा बीजशक्ति कीलक 'ऐं' है। तथा मंत्र से न्यास होता है। ध्यानमंत्र यह है—''योगीजन जिसमें नामरूपात्मक सब जगत् को आरोपित करके उसका ब्रह्म के रूप में ध्यान करते हैं, वह सरस्वती मेरा रक्षण करें।'' जपमंत्र यह है—''हे श्रेष्ठमाता, श्रेष्ठनदी, श्रेष्ठदेवी, सरस्वती! आपकी कृपा के बिना तो हम सब गरीब हैं, हमारी कोई गिनती नहीं। तुम कृपा करो, जिससे जनसमुदाय में हम गणनापात्र हों। धनाभाव और ज्ञानाभाव की पूर्ति करके हमें धन और ज्ञान से पूर्ण कर दो।''

चतुर्मुखमुखाम्भोजवनहंसवधूर्मम।
मान्से रमतां नित्यं सर्वशुक्ला सरस्वती ॥36॥
नमस्ते शारदे देवि काश्मीरपुरवासिनी।
त्वामहं प्रार्थये नित्यं विद्यादानं च देहि मे ॥37॥
अक्षसूत्राङ्कुशधरा पाशपुस्तकधारिणी।
मुक्ताहारसमायुक्ता वाचि तिष्ठतु मे सदा ॥38॥

कम्बुकण्ठी सुताम्रोष्ठी सर्वाभरणभूषिता।
महासरस्वती देवी जिह्वाग्रे संनिविश्यताम् ॥39॥

ब्रह्मा के मुखकमलों के वन के ज्ञानहंस की पत्नी ऐसी सरस्वती, जो कि हंसीरूप से सर्वतः श्वेत है, मेरे मानस सरोवर में सर्वदा रमण करें। हे काश्मीर नगर में बसने वाली देवी शारदा! आपको नमस्कार। मैं नित्य आपकी प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे विद्यादान दें। अक्षसूत्र (जपमाला), अंकुश, पाश और पुस्तक को धारण करने वाली, मोतियों के हार से सुशोभित सरस्वती हमेशा ही मेरी वाणी में रहें (वाणी में निवास करे)। शंख-सी त्रिवलय कंठवाली, ताँबे से लाल ओठों वाली, सर्वप्रकार के आभूषणों से शोभित, महासरस्वती देवी मेरे जिह्वा के अग्रभाग में विराजमान रहें।

या श्रद्धा धारणा मेधा वाग्देवी विधिवल्लभा।
भक्तजिह्वाग्रसदना शमादिगुणदायिनी ॥40॥
नमामि यामिनीनाथलेखालंकृतकुन्तलाम्।
भवानीं भवसंतापनिर्वापणसुधानदीम् ॥41॥
यः कवित्वं निरातङ्कं भुक्तिमुक्ती च वाञ्छति।
सोऽभ्यर्च्यैनां दशश्लोक्या नित्यं स्तौति सरस्वतीम् ॥42॥
तस्यैवं स्तुवतो नित्यं समभ्यर्च्य सरस्वतीम्।
भक्तिश्रद्धाभियुक्तस्य षण्मासात्प्रत्ययो भवेत् ॥43॥
ततः प्रवर्तते वाणी स्वेच्छया ललिताक्षरा।
गद्यपद्यात्मकैः शब्दैरप्रमेयैर्विवक्षितैः ॥44॥
अश्रुतो बुध्यते ग्रन्थः प्रायः सारस्वतः कविः ॥45॥

जो श्रद्धा, धारणा, मेधा, वाग्देवता और विधि (ब्रह्मा) की वल्लभा के स्वरूप में पहचानी जाती है, भक्तों का जिह्वाग्र जिसका घर है, उस शमदमादि गुणों को देने वाली सरस्वती को मैं नमस्कार करता हूँ। चन्द्रलेखा से सुशोभित केशकलाप वाली, संसार के त्रिविध तापों के शमन के लिए अमृत की नदी जैसी भवानी (सरस्वती) को मैं नमस्कार करता हूँ। बाधारहित कवित्व की और भुक्ति-मुक्ति की जो कामना करता है, वह नित्य उपर्युक्त दश मंत्रों से सरस्वती की पूजा (स्तुति) करता है। इस तरह स्तुति-पूजा करने वाले और श्रद्धालु भक्त को छः मास में ही प्रतीति हो जाती है। उसमें अपने आप ही ललित अक्षरों वाली वाणी, गद्य और पद्य के रूप में अप्रमेय और इच्छित अर्थों में प्रकट हो जाती है। पहले न देखे-सुने ग्रन्थ को भी वह जान-पढ़ सकता है, वह विद्वान् कवि हो जाता है।

(इत्येवं निश्चयं विप्राः) सा होवाच सरस्वती—
आत्मविद्या मया लब्धा ब्रह्मणैव सनातनी।
ब्रह्मत्वं मे सदा नित्यं सच्चिदानन्दरूपतः ॥46॥
प्रकृतित्वं ततः सृष्टं सत्त्वादिगुणसाम्यतः।
सत्यमाभाति चिच्छाया दर्पणे प्रतिबिम्बवत् ॥47॥
तेन चित्प्रतिबिम्बेन त्रिविधा भाति सा पुनः।
प्रकृत्यवच्छिन्नतया पुरुषत्वं पुनश्च ते ॥48॥

आश्वलायन कहते हैं कि हे ब्राह्मणो! इस तरह उपासना करने से सरस्वती ने प्रसन्न होकर मुझसे कहा—मैं ही ब्रह्म हूँ! ब्रह्मरूपी मैंने ही आत्मविद्या प्राप्त की है। सच्चिदानंद रूप से मेरा ब्रह्मत्व सिद्ध

ही है। बाद में सत्त्वादि गुणों की साम्यावस्था से मैं ही प्रकृतिरूप बनी हूँ। दर्पण में पड़ते प्रतिबिम्ब की तरह चिच्छाया सत्य दिखाई देती है। इस चैतन्य के प्रतिबिम्ब से वह त्रिगुणात्मिका दिखाई देती है। इस प्रकार प्रकृति से व्याप्त मुझमें पुरुषत्व (परब्रह्मत्व) (प्रकृतियोग से जीवत्व) भी है ही।

शुद्धसत्त्वप्रधानायां मायायां बिम्बितो ह्यजः।
सत्त्वप्रधाना प्रकृतिर्मायेति प्रतिपाद्यते ॥49॥
सा माया स्ववशोपाधिः सर्वज्ञस्येश्वरस्य हि।
वश्यमायत्वमेकत्वं सर्वज्ञत्वं च तस्य तु ॥50॥
सात्त्विकत्वात्समष्टित्वात्साक्षित्वाज्जगतामपि।
जगत्कर्तुमकर्तुं वा चान्यथा कर्तुमीशते।
यः स ईश्वर इत्युक्तः सर्वज्ञत्वादिभिर्गुणैः ॥51॥
शक्तिद्वयं हि मायाया विक्षेपावृतिरूपकम्।
विक्षेपशक्तिर्लिङ्गादि ब्रह्माण्डान्तं जगत्सृजेत् ॥52॥
अन्तर्दृग्दृश्ययोर्भेदं बहिश्च ब्रह्मसर्गयोः।
आवृणोत्यपरा शक्तिः सा संसारस्य कारणम् ॥53॥

जब शुद्धसत्त्व प्रधान प्रकृति में ब्रह्म (सरस्वती) का प्रतिबिम्ब पड़ता है, तब वह माया कहलाती है। वह माया ईश्वर की वशीभूत उपाधि है। इसीलिए ईश्वर को माया को वश में रखने वाला, सर्वज्ञ और एकमात्र कहा जाता है। वह ईश्वर (सात्विक, समष्टिरूप तथा जगत् का साक्षी होने से—) जगत् को बनाने, न बनाने या और कुछ करने में समर्थ हैं। ऐसा जो सर्वज्ञत्वादि गुणों से युक्त है, उसे ईश्वर कहा जाता है। विक्षेप और आवरण—ये दो माया की शक्तियाँ हैं। विक्षेपशक्ति लिंगदेह से लेकर ब्रह्माण्ड तक जगत् का सर्जन करती है। वह भीतर के दृग्दृश्य के भेद को तथा बाहर के ब्रह्म और जगत् की भिन्नता को आवृत कर देती है। और यही आवरणरूप अपरा शक्ति सृष्टि का कारण है।

साक्षिणः पुरतो भातं लिङ्गदेहेन संयुतम्।
चितिच्छायासमावेशाज्जीवः स्याद्व्यावहारिकः ॥54॥
अस्य जीवत्वमारोपात्साक्षिण्यप्यवभासते।
आवृतौ तु विनष्टायां भेदे भातेऽपयाति तत् ॥55॥
तथा सर्गब्रह्मणोश्च भेदमावृत्य तिष्ठति।
या शक्तिस्तद्वशाद्ब्रह्म विकृतत्वेन भासते ॥56॥
अत्राप्यावृतिनाशेन विभाति ब्रह्मसर्गयोः।
भेदस्तयोर्विकारः स्यात्सर्गे न ब्रह्मणि क्वचित् ॥57॥

साक्षीरूप चितिशक्ति जब लिंगदेह से युक्त होकर व्यावहारिक जीव की संज्ञा को प्राप्त करता है, और तब चिति और बुद्धि की तरह, ब्रह्म और जीव का भेद खड़ा होता है। जीवरूप से प्रत्यक्ष जगत् बनता है। साक्षी ब्रह्म-चिति में आरोप से ही जीवात्मा दीखता है। अतः जब आरोप-आवरण का नाश होता है, तब यह दृश्यमान भेद नष्ट हो जाता है। इस आवरणशक्ति का विकार जगत् में होता है, ब्रह्म में कभी नहीं होता।

अस्ति भाति प्रियं रूपं नाम चेत्यंशपञ्चकम्।
आद्यत्रयं ब्रह्मरूपं जगद्रूपं ततो द्वयम् ॥58॥
अपेक्ष्य नामरूपे द्वे सच्चिदानन्दतत्परः।
समाधिं सर्वदा कुर्याद्धृदये वाथ वा बहिः ॥59॥
सविकल्पो निर्विकल्पः समाधिर्द्विविधो हृदि।
दृश्यशब्दानुभेदेन स विकल्पः पुनर्द्विधा ॥60॥

अस्ति = है, भाति = आभास होता है और प्रिय = प्रिय लगता है तथा रूप और नाम—ये पाँच अंश हैं, उनमें पहले तीन ब्रह्म का स्वरूप हैं अन्त्य दो जगत् का स्वरूप हैं। इनमें से नाम और रूप (अन्त्य दो) की उपेक्षा करके, ब्रह्म के सच्चिदानन्द रूप में परायण होकर अपने भीतर या बाहर हमेशा समाधि साधना में साधक को तत्पर ही रहना चाहिए। हृदय में होती हुई इस समाधि के सविकल्प और निर्विकल्प—ऐसे दो भेद होते हैं। और सविकल्पक भी दो प्रकार का होता है—एक दृश्यानुविद्ध और दूसरा शब्दानुविद्ध।

कामाद्याश्चित्तगा दृश्यास्तत्साक्षित्वेन चेतनम्।
ध्यायेद्दृश्यानुविद्धोऽयं समाधिः सविकल्पकः ॥61॥
असङ्गः सच्चिदानन्दः स्वप्रभो द्वैतवर्जितः।
अस्मीतिशब्दविद्धोऽयं समाधिः सविकल्पकः ॥62॥
स्वानुभूतिरसावेशाद्दृश्यशब्दाद्यपेक्षितुः।
निर्विकल्पः समाधिः स्यान्निवातस्थितदीपवत् ॥63॥
हृदीव बाह्यदेशेऽपि यस्मिन्कस्मिंश्च वस्तुनि।
समाधिराद्यसन्मात्रान्नामरूपपृथक्कृतिः ॥64॥
स्तब्धीभावो रसास्वादात्तृतीयः पूर्ववन्मतः।
एतैः समाधिभिः षड्भिर्नयेत्कालं निरन्तरम् ॥65॥

'चित्त में उत्पन्न होने वाले कामादि विकार दृश्य हैं, और चेतन उनका साक्षी हैं'—इस प्रकार का ध्यान करना ही दृश्यानुविद्ध सविकल्पक समाधि है। 'मैं असंग, सच्चिदानंद, स्वप्रकाश, द्वैतवर्जित हूँ'—इस प्रकार ध्यान करने को शब्दानुविद्ध सविकल्प समाधि कहते हैं। आत्मानुभूति के रस के आवेश में दृश्य और शब्द की उपेक्षा करने वाले साधक के हृदय में वायुरहित प्रदेश में रखे गए दीपक की भाँति निर्विकल्प समाधि होती है। जैसे ये दोनों समाधियाँ हृदय में होती हैं, वैसे ही बाहर भी किसी वस्तु के प्रति एकाग्रता होने से हो सकती हैं। प्रथम समाधि द्रष्टा तथा दृश्य के विवेक से होती है। द्वितीय समाधि आदि सत् रूप से नाम रूप का पृथक्करण करने से हो सकती है। तृतीय प्रकार की समाधि पूर्वोक्त प्रकार से होती है, उसमें स्तब्धीभाव होता है। साधक को इन छः प्रकार की समाधियों में निरन्तर अपनी अनुकूल समाधि की साधना करते रहना चाहिए।

देहाभिमाने गलिते विज्ञाते परमात्मनि।
यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र परामृतम् ॥66॥
भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे ॥67॥

मयि जीवत्वमीशत्वं कल्पितं वस्तुतो न हि ।
इति यस्तु विजानाति स मुक्तो नात्र संशयः ॥68॥ इत्युपनिषत् ।

इति सरस्वतीरहस्योपनिषत्समाप्ता ।

परमात्मा को जानते हुए जब देहाभिमान का नाश हो जाता है, तब मन जहाँ कहीं भी जाता है, वहाँ उसे परमात्मा का रूप ही दिखाई देता है । उसे परामृत परमात्मा ही दीखता है । तब हृदय की सभी ग्रन्थियाँ टूट जाती हैं । सभी संशय नष्ट हो जाते हैं । तब उस परात्पर के दर्शन से सभी कर्म नष्ट हो जाते हैं । यह जीवत्व और ईश्वरत्व तो मुझमें कल्पित (आरोपित) ही है, वह वास्तविक नहीं है । यह जो जानता है, वह मुक्त हो जाता है, उसमें कोई संशय नहीं ।

इस प्रकार सरस्वतीरहस्योपनिषत् समाप्त होती है ।

शान्तिपाठः

ॐ सह नाववतु । सह नौ····मा विद्विषावहै । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(110) बह्वृचोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

ऋग्वेदपरम्परा की इस उपनिषद् में जगत्कारणस्वरूपा आदिशक्ति का स्वरूप बताया है । चित्शक्ति का स्वरूप, चित्शक्ति का सर्वकारणत्व, चित्शक्ति के शब्द से अर्थ का भावन, चित्शक्ति का अद्वितीयत्व, प्रत्यक् और पर चित्शक्ति का ऐक्य, अम्बिका आदि रूपों में चित्-शक्ति की भावना और ब्रह्म का ही मुख्य ज्ञेयत्व—ये विषय क्रमशः बताए गए हैं ।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि····वक्तारमवतु वक्तारम् । (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (अक्षमालिकोपनिषत् में) द्रष्टव्य है ।

देवी ह्येकाग्र आसीत् । सैव जगदण्डमसृजत् । कामकलेति विज्ञायते । शृङ्गारकलेति विज्ञायते ॥1॥
तस्या एव ब्रह्मा अजीजनत् । विष्णुरजीजनत् । रुद्रोऽजीजनत् । सर्वे मरुद्गणा अजीजनन् । गन्धर्वाप्सरसः किन्नरा वादित्रवादिनः समन्तादजीजनन् । भोग्यमजीजनत् । सर्वमजीजनत् । सर्वं शाक्तमजीजनत् । अण्डजं स्वेदजमुद्भिज्जं जरायुजं यत्किञ्चैतत्प्राणिस्थावरजङ्गमं मनुष्यमजीजनत् ॥2॥

पहले एक देवी ही थीं । उन्होंने जगत् के अण्डे का सर्जन किया । इसलिए वह कामकला के रूप में जानी जाती हैं और वह शृंगारकला के नाम से भी प्रख्यात हैं । उन्हीं से ब्रह्मा पैदा हुए, विष्णु पैदा हुए और रुद्र पैदा हुए । उन्हीं से सभी मरुद्गण पैदा हुए तथा गन्धर्व, अप्सराएँ, किन्नर, तुम्बुरु आदि वादक और यह चारों ओर दिखाई देने वाला जगत् उत्पन्न हुआ । उन्हीं से सब भोग्य पदार्थ जन्मे, भोक्ता भी (शाक्त भी) जन्मे । अण्डज, स्वेदज, उद्भिज्ज, जरायुज—जो कुछ भी प्राणी, स्थावर, जंगम, मनुष्य आदि हैं, वह जन्मे ।

सैषाऽपरा शक्तिः । सैषा शाम्भवी विद्या कादिविद्येति वा हादिविद्येति वा सादिविद्येति वा रहस्यम् । ओमों वाचि प्रतिष्ठा ॥3॥
सैव पुरत्रयं शरीरत्रयं व्याप्य बहिरन्तरवभासयन्ती देशकालवस्त्वन्तरसङ्गान्महात्रिपुरसुन्दरी वै प्रत्यक् चितिः ॥4॥

वह देवी ही अपरा शक्ति है । वही शांभवीविद्या, कादिविद्या, हादिविद्या, अथवा सादिविद्या कहलाती है, वह रहस्यमयी है । वे ही प्रणववाची ॐ अक्षरस्वरूपा, सत्-चित्-आनन्दमयी शक्ति प्राणियों की वाणी में प्रतिष्ठित हैं । (शांभवीविद्या = परमकल्याणीकारी ईशसाक्षात्कार विद्या । कादि विद्या = क ए इ ल ह्रीं बीज मंत्रों वाली विद्या । हादिविद्या = ह स क ह ल ह्रीं बीजमंत्रों वाली विद्या ।

सादिविद्या = स क ल ह्रीं बीज मंत्रों वाली विद्या) ये देवी ही तीनों अवस्थारूपी पुरों और तीनों प्रकार के शरीरों को विस्तीर्ण करके बाहर और भीतर प्रकाश फैला देती हैं। ये महात्रिपुरसुन्दरी प्रत्यक् चेतना के रूप में देश-काल-पात्र के रूप में निःसंग होकर रहती हैं।

सैवात्मा ततोऽन्यदसत्यमनात्मा। अत एषा ब्रह्मसंवित्तिर्भावाभावकला-विनिर्मुक्ता चिद्विद्याद्वितीयब्रह्मसंवित्तिः सच्चिदानन्दलहरी महात्रिपुर-सुन्दरी बहिरन्तरनुप्रविश्य स्वयमेकैव विभाति। यदस्ति सन्मात्रम्। यद्विभाति चिन्मात्रम्। यत्प्रियमानन्दं तदेतत्सर्वाकारा महात्रिपुरसुन्दरी। त्वं चाहं च सर्वं विश्वं सर्वदेवता। इतरत्सर्वं महात्रिपुरसुन्दरी। सत्यमेकं ललिताख्यं वस्तु तदद्वितीयमखण्डार्थं परं ब्रह्म ॥5॥

वे (देवी) ही आत्मस्वरूप हैं, उनके सिवा और सब कुछ असत्य और आत्मरहित है। इसीलिए वे ब्रह्मविद्या हैं। वे भाव-अभाव की कलाओं से रहित हैं, यह चिद्विद्या अद्वितीय ब्रह्मविद्या सच्चिदानन्दलहरी, महात्रिपुरसुन्दरी भीतर-बाहर प्रवेश करके स्वयं ही सर्वत्र एकस्वरूप में प्रकाशित हो रही हैं। जो अस्तित्ववाला है, वह केवल सत् है, जो दिखाई देता है, वह केवल चित् है। जो प्रिय है, वह आनन्द है। तो इन तीनों सभी आकार को धारण करने वाली वे महात्रिपुरसुन्दरी हैं। तुम, मैं, और यह सारा विश्व भी उन्हीं एकदेवता का रूप है। तुम और मैं के सिवा भी जो कुछ इस जगत् में निर्दिष्ट किया जा सकता है, वह सब कुछ भी श्रीमहात्रिपुरसन्दरी ही है। यह जो ललिता नाम की वस्तु है, वही सत्य है। वह परब्रह्म से अलग नहीं है, और वह अखण्डार्थ परब्रह्म का ही रूप है।

पञ्चरूपपरित्यागादस्वरूपप्रहाणतः।
अधिष्ठानं परं तत्त्वमेकं सच्छिष्यते महत् इति ॥6॥

ब्रह्म के सिवा और कुछ है ही नहीं, ऐसा ज्ञान होने के बाद ज्ञानी के लिए अस्ति, भाति, प्रिय, नाम और रूप—ये पाँचों स्वरूप छूट जाने से अधिष्ठानरूप एक ही महान् परमतत्त्व सत् रूप शेष रह जाता है।

प्रज्ञानं ब्रह्मेति वा अहं ब्रह्मास्मीति वा भाष्यते। तत्त्वमसीत्येव सम्भाष्यते। अयमात्मा ब्रह्मेति वा अहं ब्रह्मास्मीति वा ब्रह्मैवाहमस्मीति वा ॥7॥

इसी बात को श्रुतियाँ, 'प्रज्ञानं ब्रह्म' य' 'अहं ब्रह्मास्मि', अथवा 'तत्त्वमसि' या 'अयमात्मा ब्रह्म'—इत्यादि महावाक्यों के द्वारा अथवा 'ब्रह्मैवास्मि' इत्यादि के वाक्यों के द्वारा कह रही हैं। (अर्थात् प्रज्ञान ही ब्रह्म है, मैं ब्रह्म हूँ, वह तुम हो, अथवा यह आत्मा ब्रह्म है, अथवा मैं ब्रह्म ही हूँ—ऐसे वाक्यों के द्वारा श्रुतियाँ यही कह रही हैं।)

योऽहमस्मीति वा सोऽहमस्मीति वा योऽसौ सोऽहमस्मीति वा या भाष्यते सैषा षोडशी श्रीविद्या पञ्चदशाक्षरी श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी बालाम्बिकेति बगलेति वा मातङ्गीति स्वयंवरकल्याणीति भुवनेश्वरीति चामुण्डेति चण्डेति वाराहीति तिरस्करिणीति राजमातङ्गीति वा शुकश्यामलेति वा लघुश्यामलेति वा अश्वारूढेति वा प्रत्यङ्गिरा धूमावती सावित्री सरस्वती गायत्री ब्रह्मानन्दकलेति ॥8॥

ऐसे 'अहं ब्रह्मास्मि' इत्यादि वाक्यों के द्वारा ज्ञानियों के अनुभूयमान तत्त्व को ही उपासक लोग षोडशी, श्रीविद्या, पंचदशाक्षरी, श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी, बाला, अम्बिका, बगला, मातंगी, स्वयंकल्याणी, भुवनेश्वरी, चामुण्डा, चण्डा (चण्डी), वाराही, तिरस्करिणी, राजमातंगी, शुकश्यामला, लघुश्यामला, अश्वारूढा, प्रत्यंगिरा, धूमावती, सावित्री, सरस्वती, गायत्री, ब्रह्मानन्दकला आदि के रूप में अनुभव करते हैं। (उपास्य देवता के रूप में देखते हैं।)

ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्। यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः। यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति। य इत्तद्विदुस्त इमे समासते ॥ इत्युपनिषत् ॥9॥

इति बह्वृचोपनिषत्समाप्ता।

ऋचाएँ परमाकाश में (अक्षर अविनाशी तत्त्व में) स्थित रहती हैं। उसी में समस्त देवगण सम्यग् रूप से निवास करते हैं। जो मनुष्य उन ऋचाओं के मर्म को ठीक तौर से नहीं पहचान पाता है, वह उन्हें केवल मुँह से पढ़कर क्या लाभ ले सकता है ? परन्तु जो लोग इनके अर्थ को (विवक्षित अर्थ को) यथातथ समझते हैं, वे ही ब्रह्म के साथ एकीभाव को (समास को) प्राप्त करते हैं।

इस प्रकार बह्वृचोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ वाङ्मे मनसि ··· वक्तारमवतु वक्तारम्। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

(111) मुक्तिकोपनिषत्

(उपनिषत्परिचय)

इस शुक्लयजुर्वेदीय उपनिषद् में हनुमानजी के साथ श्रीरामचन्द्रजी का संवाद है। इस उपनिषद् के दो अध्याय हैं। इनमें प्रथम अध्याय के दो खण्ड हैं। प्रथमाध्याय के प्रथम खण्ड में हनुमानजी की जिज्ञासा, वेदान्तज्ञान से सायुज्यप्राप्ति, मुक्ति के प्रकार और उनके साधनों की जिज्ञासा, सालोक्यमुक्ति के साधनरूप में उपासना, कैवल्य मुक्ति के साधनरूप में उपनिषत्-ज्ञान, एक सौ आठ उपनिषदों का क्रम, उपनिषदों के अर्थज्ञान से मुक्तिलाभ आदि विषय हैं। दूसरे खण्ड में एक सौ आठ उपनिषदों के अलग शान्तिपाठ तथा उपनिषद्-ज्ञान से ही कैवल्यमुक्ति कही है। द्वितीय अध्याय में जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्ति के स्वरूप, प्रमाण, साधन, प्रयोजन बताए हैं। वासना—उसका क्षय, प्रकार, मनोनाश, विज्ञान, सहजकुंभक और अन्य आनुषंगिक विषयों की चर्चा की गई है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं—पूर्णमेवावशिष्यते। (पूर्ववत्)
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

इसका हिन्दी रूपान्तर पूर्व में (पैंगलोपनिषत् में) द्रष्टव्य है।

प्रथमोऽध्यायः

प्रथमः खण्डः

अयोध्यानगरे रम्ये रत्नमण्डपमध्यमे।
सीताभरतसौमित्रिशत्रुघ्नाद्यैः समन्वितम् ॥1॥
सनकाद्यैर्मुनिगणैर्वसिष्ठाद्यैः शुकादिभिः।
अन्यैर्भागवतैश्चापि स्तूयमानमहर्निशम् ॥2॥
धीविक्रियासहस्राणां साक्षिणं निर्विकारिणम्।
स्वरूपध्याननिरतं समाधिविरमे हरिम् ॥3॥
भक्त्या शुश्रूषया रामं स्तुवन् पप्रच्छ मारुतिः।
राम त्वं परमात्माऽसि सच्चिदानन्दलक्षणः ॥4॥
इदानीं त्वां रघुश्रेष्ठ प्रणमामि मुहुर्मुहुः।
त्वद्रूपं ज्ञातुमिच्छामि तत्त्वतो राम मुक्तये ॥5॥
अनायासेन येनाहं मुच्येयं भवबन्धनात्।
कृपया वद मे राम येन मुक्तो भवाम्यहम् ॥6॥

रमणीय अयोध्यानगर में रत्नमण्डप के मध्य में सीता, भरत, सुमित्रापुत्र लक्ष्मण, शत्रुघ्न आदि के साथ में रहते हुए तथा सनकादि मुनियों के समूहों द्वारा तथा वसिष्ठ आदिकों तथा शुक आदि अन्यान्य भगवद्भक्तों के द्वारा रातदिन स्तुति किए जाने वाले ऐसे तथा बुद्धि के अनेक परिणामों के साक्षीरूप एवं स्वयं निर्विकारी, समाधि के विराम काल में भी अपने ही स्वरूप में तल्लीन ऐसे हरि की सेवा-शुश्रूषा पूर्वक भक्तिभाव से मारुति श्री हनुमान जी ने रामजी की स्तुति करते हुए पूछा—"हे राम ! आप तो परमात्मा हैं, आप सच्चिदानन्दस्वरूप हैं। हे रघुश्रेष्ठ ! मैं आपको बार-बार प्रणाम करता हूँ। हे राम ! मैं मुक्ति के लिए आपके स्वरूप को तात्त्विक रूप में जानना चाहता हूँ, जिससे मैं संसार के बन्धन से सरलता से मुक्त हो जाऊँ। कृपा करके वह कहिए कि जिससे मैं मुक्त हो जाऊँ।"

साधु पृष्टं महाबाहो वदामि शृणु तत्त्वतः।
वेदान्ते सुप्रतिष्ठोऽहं वेदान्तं समुपाश्रय ॥7॥
वेदान्ताः के रघुश्रेष्ठ वर्तन्ते कुत्र ते वद।
हनूमञ्छृणु वक्ष्यामि वेदान्तस्थितिमञ्जसा ॥8॥
निश्वासभूता मे विष्णोर्वेदा जाताः सुविस्तराः।
तिलेषु तैलवद्वेदे वेदान्तः सुप्रतिष्ठितः ॥9॥
राम वेदाः कतिविधास्तेषां शाखाश्च राघव।
तासूपनिषदः काः स्युः कृपया वद तत्त्वतः ॥10॥
श्रीराम उवाच—
ऋग्वेदादिविभागेन वेदाश्चत्वार ईरिताः।
तेषां शाखा ह्यनेकाः स्युस्तासूपनिषदस्तथा ॥11॥

तब राम ने कहा—"हे महाबाहो ! तुमने अच्छा प्रश्न पूछा है। सुनो, अब मैं तुम्हें सब तात्त्विक रूप से कहता हूँ। मैं वेदान्त में अच्छी तरह प्रतिष्ठित हुआ हूँ, इसलिए तुम वेदान्त का अवलम्बन करो।" तब हनुमानजी ने पूछा—"हे रघुश्रेष्ठ ! ये वेदान्त कौन से हैं ? वे कहाँ हैं ? मुझे यह कहिए।" तब राम ने कहा—"हे हनुमान ! वेदान्त की सही स्थिति मैं स्पष्टरूप से बता रहा हूँ, सुनो। विष्णुरूप मेरे निःश्वास से ये सभी विस्तृत वेद उत्पन्न हुए हैं। और जैसे तिलों में तेल रहता है, उसी प्रकार वेदान्त वेदों में रहता है।" तब हनुमान ने पूछा—"हे राम ! वेद कितने हैं ? उनकी शाखाएँ कितनी हैं ? उनमें उपनिषदें कितनी हैं ? यह सब मुझे तात्त्विक रूप से आप बताइए।" तब श्रीराम ने कहा—ऋग्वेदादि भेद से वेद चार कहे गए हैं। उनकी शाखाएँ और उपनिषदें तो बहुत हैं।

ऋग्वेदस्य तु शाखाः स्युरेकविंशतिसंख्यया।
नवाधिकशतं शाखा यजुषो मारुतात्मज ॥12॥
सहस्रसंख्यया जाताः शाखाः साम्नः परन्तप।
अथर्वणस्य शाखाः स्युः पञ्चाशद्भेदतो हरे ॥13॥
एकैकस्यास्तु शाखाया एकैकोपनिषन्मता।
तासामेकामृचं [मृगेकाऽपि]येन पठ्यते भक्तितो मयि ॥14॥
स मत्सायुज्यपदवीं प्राप्नोति मुनिदुर्लभाम्।
राम केचिन्मुनिश्रेष्ठा मुक्तिरेकेति चक्षिरे ॥15॥
केचित्त्वन्नामभजनात् काश्यां तारोपदेशतः।

अन्ये तु सांख्ययोगेन भक्तियोगेन चापरे ॥16॥
अन्ये वेदान्तवाक्यार्थविचारात् परमर्षयः ।
सालोक्यादिविभागेन चतुर्धा मुक्तिरीरिता ॥17॥

ऋग्वेद की इक्कीस शाखाएँ हैं। हे मारुतपुत्र ! यजुर्वेद की एक सौ नौ शाखाएँ हैं। हे परंतप ! सामवेद की एक हजार शाखाएँ हैं, और हे वानर ! अथर्ववेद की पचास शाखाएँ हैं। एक-एक शाखा की एक-एक उपनिषद् है। उनमें से कोई यदि मुझमें भक्ति रखकर एक मंत्र को भी पढ़ता है, तो वह मुनियों को भी दुर्लभ ऐसी मेरी सायुज्य पदवी को प्राप्त हो जाता है।'' तब हनुमान ने पूछा—"हे राम ! कुछ श्रेष्ठ मुनि मुक्ति एक ही है, ऐसा कहते हैं, कुछ लोग नाम भजन से, कुछ लोग काशी में तारोपदेश से, कुछ लोग सांख्ययोग से, कुछ लोग भक्तियोग से और कुछ परमऋषि वेदान्त के वाक्यार्थ के विचार से सालोक्य आदि भेद से चार प्रकार की मुक्ति कहते हैं।''

स होवाच श्रीरामः—
कैवल्यमुक्तिरेकैव पारमार्थिकरूपिणी ।
दुराचाररतो वाऽपि मन्नामभजनात् कपे ॥18॥
सालोक्यमुक्तिमाप्नोति न तु लोकान्तरादिकम् ।
काश्यां तु ब्रह्मनालेऽस्मिन् मृतौ मत्तारमाप्नुयात् ॥19॥
पुनरावृत्तिरहितां मुक्तिं प्राप्नोति मानवः ।
यत्र कुत्रापि वा काश्यां मरणे स महेश्वरः ॥20॥
जन्तोर्दक्षिणकर्णे तु मत्तारं समुपादिशेत् ।
निर्धूताशेषपापौघो मत्सारूप्यं भजत्ययम् ॥21॥

तब श्रीराम ने कहा—"पारमार्थिक रूप से कैवल्यमुक्ति तो एक ही प्रकार की है। परन्तु हे कपि ! यदि कोई मनुष्य दुराचार में फँसा हो, वह भी यदि मेरा नाम जप करे, तो उससे अन्य लोकों की प्राप्ति के बदले मेरे लोक को प्राप्त करता है। काशी में मेरे तारमंत्र को सुनते हुए जो मरता है, तो वह मानव पुनरावृत्ति से रहित मुक्ति को पा लेता है। काशी में कहीं भी मरने पर वह महेश्वर होता है। (मरणासन्न व्यक्ति के) दाहिने कान में मेरे तारमंत्र को पढ़ना चाहिए, जिससे वह समग्र पापों को झाड़कर मेरे सारूप्य को प्राप्त करता है।

सैव सालोक्यसारूप्यमुक्तिरित्यभिधीयते ।
सदाचाररतो भूत्वा द्विजो नित्यमनन्यधीः ॥22॥
मयि सर्वात्मके भावो मत्सामीप्यं भजत्ययम् ।
सैव सालोक्यसारूप्यसामीप्या मुक्तिरिष्यते ॥23॥
गुरूपदिष्टमार्गेण ध्यायन् मद्रूपमव्ययम् ।
मत्सायुज्यं द्विजः सम्यग्भजेद्भ्रमरकीटवत् ॥24॥
सैव सायुज्यमुक्तिः स्याद्ब्रह्मानन्दकरी शिवा ।
चतुर्विधा च या मुक्तिर्मदुपासनया भवेत् ॥25॥

उसी को सालोक्य और सारूप्य मुक्ति कहा जाता है। सदाचारपरायण होकर सदैव एकाग्र बुद्धिपूर्वक मुझ सर्वात्मक में जो भाव रखता है वह मेरे सामीप्य को प्राप्त करता है, वही सालोक्य, सारूप्य और सामीप्य मुक्ति कही गई है। गुरु के उपदिष्ट मार्ग से मेरे अव्यय स्वरूप का ध्यान करते हुए द्विज साधक कीटभ्रमरन्याय से मेरा सायुज्य प्राप्त करता है, वही सायुज्यमुक्ति होती है, वही ब्रह्मानन्दकारी, कल्याणमयी है। चारों प्रकार की मुक्ति मेरी उपासना से होती हैं।''

इयं कैवल्यमुक्तिस्तु केनोपायेन सिध्यति ।
माण्डूक्यमेकमेवालं मुमुक्षूणां विमुक्तये ॥26॥
तथाऽप्यसिद्धं चेज्ज्ञानं दशोपनिषदं पठ ।
ज्ञानं लब्ध्वाऽचिरादेव मामकं धाम यास्यसि ॥27॥
तथाऽपि दृढता नो चेद्विज्ञानस्याञ्जनासुत ।
द्वात्रिंशाख्योपनिषदं समभ्यस्य निवर्तय ॥28॥
विदेहमुक्ताविच्छा चेदष्टोत्तरशतं पठ ।
तासां क्रमं सशान्तिं च शृणु वक्ष्यामि तत्त्वतः ॥29॥

तब हनुमान ने पूछा—''यह कैवल्यमुक्ति किस उपाय से सिद्ध होती है ?'' तब राम ने कहा—"मुमुक्षुओं की मुक्ति के लिए एक 'माण्डूक्योपनिषत्' ही पर्याप्त है। फिर भी यदि ज्ञान सिद्ध न हो तो दश उपनिषदें पढ़ो। उनसे ज्ञान प्राप्त करके तुम मेरे धाम में शीघ्र ही आ जाओगे। हे अंजनापुत्र ! उससे भी यदि ज्ञान दृढ़ न हो तो बत्तीस उपनिषदें पढ़कर अज्ञान को दूर करो। और विदेहमुक्ति की इच्छा हो तो एक सौ आठ उपनिषदें पढ़ो। उनका क्रम और उनके शान्तिमंत्र मैं अच्छी तरह से कहता हूँ इसे सुनो—

ईशकेनकठप्रश्नमुण्डमाण्डूक्यतित्तिरिः ।
ऐतरेयं च छान्दोग्यं बृहदारण्यकं तथा ॥30॥
ब्रह्मकैवल्यजाबालश्वेताश्वो हंस आरुणिः ।
गर्भो नारायणो हंसो बिन्दुनादशिरःशिखा ॥31॥
मैत्रायणी कौषितकी बृहज्जाबालतापनी ।
कालाग्निरुद्रमैत्रेयी सुबालक्षुरिमन्त्रिका ॥32॥
सर्वसारं निरालम्बं रहस्यं वज्रसूचिकम् ।
तेजोनादध्यानविद्यायोगतत्त्वात्मबोधकम् ॥33॥
परिव्राट् त्रिशिखी सीता चूडा निर्वाणमण्डलम् ।
दक्षिणा शरभं स्कन्दं महानारायणाह्वयम् ॥34॥

ईश, केन, कठ, प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, तैत्तरीय, ऐतरेय, छान्दोग्य, बृहदारण्यक, ब्रह्म, कैवल्य, जाबाल, श्वेताश्व, हंस, आरुणिक, गर्भ, नारायण, परमहंस, अमृतबिन्दु, अमृतनाद, अथर्वशिर, अथर्वशिखा, मैत्रायणी, कौषीतकिब्राह्मण, बृहज्जाबाल, नृसिंहपूर्व और उत्तरतापिनी, कालाग्निरुद्र, मैत्रेयी, सुबाल, क्षुरिका, मंत्रिका, सर्वसार, निरालम्ब, शुकरहस्य, वज्रसूचिका, तेजोबिन्दु, नादबिन्दु, ध्यानबिन्दु, ब्रह्मविद्या, योगतत्त्व, आत्मबोध, नारदपरिव्राजक, त्रिशिखिब्राह्मण, सीतोपनिषत्, योगचूडामणि, निर्वाण, मण्डलब्राह्मण, दक्षिणामूर्ति, शरभ, स्कन्द और त्रिपाद्विभूति-महानारायणोपनिषत् तथा अद्वयतारक है (और भी आगे)—

रहस्यं रामतपनं वासुदेवं च मुद्गलम् ।
शाण्डिल्यं पैङ्गलं भिक्षुमहच्छारीरकं शिखा ॥35॥

तुरीयातीतसंन्यासपरिव्राजाक्षमालिका ।
अव्यक्तैकाक्षरं पूर्णा सूर्याक्ष्यध्यात्मकुण्डिका ॥36॥
सावित्र्यात्मा पाशुपतं परं ब्रह्मावधूतकम् ।
त्रिपुरातपनं देवी त्रिपुरा कठभावना ।
हृदयं कुण्डली भस्म रुद्राक्षगणदर्शनम् ॥37॥
तारसारमहावाक्यपञ्चब्रह्माग्निहोत्रकम् ।
गोपालतपनं कृष्णं याज्ञवल्क्यं वराहकम् ॥38॥
शाट्यायनी हयग्रीवं दत्तात्रेयं च गारुडम् ।
कलिजाबालिसौभाग्यरहस्यऋचमुक्तिका ॥39॥

—रामरहस्य, रामपूर्व और उत्तरतापनी, वासुदेव, मुद्गल, शाण्डिल्य, पैंगल, भिक्षुक, महोपनिषत्, शारीरक, योगशिखा, तुरीयातीत, संन्यास, परमहंसपरिव्राजक, अक्षमालिका, अव्यक्त, एकाक्षर, अन्नपूर्णा, सूर्य, अक्षि, अध्यात्म, कुण्डिका, सावित्री, आत्मोपनिषत्, पाशुपतब्रह्म, परब्रह्म, अवधूत, त्रिपुरतापिनी, देवी, त्रिपुरा, कठरुद्र, भावना, रुद्रहृदय, योगकुण्डलिनी, भस्मजाबाल, रुद्राक्षजाबाल, गणपति, जाबालदर्शन, तारसार, महावाक्य, पंचब्रह्म, प्राणाग्निहोत्र, गोपालपूर्व और उत्तरतापनी, कृष्ण, याज्ञवल्क्य, वराह, शाट्यायनी, हयग्रीव, दत्तात्रेय, गरुड, कलिसन्तरण, जाबालि, सौभाग्यलक्ष्मी, सरस्वतीरहस्य, बह्वृचोपनिषत् और मुक्तिकोपनिषत् ।

एवमष्टोत्तरशतं भावनात्रयनाशनम् ।
ज्ञानवैराग्यदं पुंसां वासनात्रयनाशनम् ॥40॥
पूर्वोत्तरेषु विहिततत्तच्छान्तिपुरःसरम् ।
वेदविद्याव्रतस्नातदेशिकस्य मुखात् स्वयम् ॥41॥
गृहीत्वाऽष्टोत्तरशतं ये पठन्ति द्विजोत्तमाः ।
प्रारब्धक्षयपर्यन्तं जीवन्मुक्ता भवन्ति ते ॥42॥
ततः कालवशादेव प्रारब्धे तु क्षयं गते ।
वैदेहीं मामकीं मुक्तिं यान्ति नास्त्यत्र संशयः ॥43॥

इस प्रकार ये एक सौ आठ उपनिषदें असंभावना आदि तीनों भावनाओं का नाश करने वाली तथा ज्ञान और वैराग्य देने वाली हैं । ये तीनों प्रकार की पुत्रादि की एषणाओं का नाश करने वाली हैं । इन उपनिषदों को पहले और अन्त में तत्तद् वैदिक शान्तिपाठ के साथ, वेदविद्या में प्रवीण—श्रोत्रिय गुरु के मुख से साक्षात् ग्रहण करके जो श्रेष्ठ ब्राह्मण इन एक सौ आठ उपनिषदों को पढ़ते हैं, वे जहाँ तक प्रारब्ध का क्षय हो, वहाँ तक यहाँ रहते हुए जीवन्मुक्त हो जाते हैं । बाद में समयवशात् प्रारब्ध कर्मों के क्षय होने पर विदेहमुक्ति को प्राप्त करते हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं है ।

सर्वोपनिषदां मध्ये सारमष्टोत्तरं शतम् ।
सकृच्छ्रवणमात्रेण सर्वाघौघनिकृन्तनम् ॥44॥
मयोपदिष्टं शिष्याय तुभ्यं पवननन्दन ।
इदं शास्त्रं मयाऽऽदिष्टं गुह्यमष्टोत्तरं शतम् ॥45॥
ज्ञानतोऽज्ञानतो वाऽपि पठतां बन्धमोचकम् ।
राज्यं देयं धनं देयं याचतः कामपूरणम् ॥46॥

इदमष्टोत्तरशतं न देयं यस्य कस्यचित् ।
नास्तिकाय कृतघ्नाय दुराचाररताय वै ॥47॥
मद्भक्तिविमुखायापि छास्त्रगर्तेषु मुह्यते ।
गुरुभक्तिविहीनाय दातव्यं न कदाचन ॥48॥

ये एक सौ आठ उपनिषदें सभी उपनिषदों का सारतत्त्व हैं । इनके एक बार भी श्रवणमात्र से सब पापसमूह नष्ट होता है । हे पवनपुत्र ! यह तुम्हें—शिष्य को मैंने यह एक सौ आठ उपनिषदों का गोपनीय ज्ञान कहा । जाने-अनजाने भी यह पढ़ने से बन्धन से मोक्ष होता है । किसी को माँगने पर राज्य या धन दिया जा सकता है, और उसकी इच्छा पूरी की जा सकती है, पर अनधिकृत को यह एक सौ आठ उपनिषदें नहीं देनी चाहिए । जो नास्तिक, कृतघ्न और दुराचारपरायण हो, जो मेरी भक्ति से विमुख हो, उसे नहीं देना चाहिए । जो शास्त्रों की खाइयों में मूर्च्छित हुआ हो उसे और जो गुरुभक्तिरहित हो, उसे भी कभी नहीं देना चाहिए ।

सेवापराय शिष्याय हितपुत्राय मारुते ।
मद्भक्ताय सुशीलाय कुलीनाय सुमेधसे ॥49॥
सम्यक् परीक्ष्य दातव्यमेवमष्टोत्तरं शतम् ।
यः पठेच्छृणुयाद्वाऽपि स मामेति न संशयः ॥50॥
तदेतदृचाभ्युक्तम्—
विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम गोपाय मां शेवधिष्टेऽहमस्मि ।
असूयकायानृजवे शठाय मा मा ब्रूया वीर्यवती तथा स्याम् ॥51॥
यमेव विद्याश्रुतमप्रमत्तं मेधाविनं ब्रह्मचर्योपपन्नम् ।
अस्मा इमामुपसन्नाय सम्यक् परीक्ष्य दद्याद्वैष्णवीमात्मनिष्ठाम् ॥52॥

इति प्रथमः खण्डः

परन्तु हे मारुति ! जो कोई सेवापरायण, शिष्य, हितकारी पुत्र, मेरा भक्त, सुशील, कुलीन, बुद्धिमान हो, उसकी परीक्षा करके ही यह अष्टोत्तर शत उपनिषदों का ज्ञान देना चाहिए । इसे जो पढ़ेगा, या सुनेगा वह मुझे प्राप्त होगा, इसमें कोई संशय नहीं है । यह बात एक ऋचा में भी कही गई है कि—विद्या ब्राह्मण के पास आई और कहा कि मेरा रक्षण करो, मैं तुम्हारी निधि हूँ । मुझे ईर्ष्या वाले, कुटिल और शठ को मत कहो, इसी से मैं बलवती बन सकती हूँ । इस वैष्णवी आत्मनिष्ठ विद्या को, जिसे हम अप्रमत्त, विश्रुत, बुद्धिमान, ब्रह्मचर्ययुक्त जानें, उसी पास में आने वाले को परीक्षा करके ही देनी चाहिए । इस प्रकार यहाँ प्रथम अध्याय का प्रथम खण्ड पूरा होता है ।

द्वितीयः खण्डः

अथ हैनं श्रीरामचन्द्रं मारुतिः पप्रच्छ ऋग्वेदादिविभागेन पृथक् शान्तिमनुब्रूहीति । स होवाच श्रीरामः—
ऐतरेयकौषीतकिनादबिन्द्वात्मप्रबोधनिर्वाणमुद्गलाक्षमालिकात्रिपुरा-सौभाग्यबह्वृचानामृग्वेदगतानां दशसंख्याकानामुपनिषदां वाङ्मे मनसीति शान्तिः ॥1॥

तब उन रामचन्द्र से हनुमान ने कहा—'ऋग्वेदादि के विभाग से अलग शान्तिपाठ कहिए।' तब श्रीराम बोले—ऐतरेय, कौषीतकि, नादबिन्दु, आत्मबोध, निर्वाण, मुद्गल, अक्षमालिका, त्रिपुरा, सौभाग्यलक्ष्मी और बह्वृच ऐसी दस ऋग्वेद में आई हुई उपनिषदों का शान्तिपाठ 'वाङ्मे मनसि' आदि मन्त्र है।

ईशावास्यबृहदारण्यजाबालहंसपरमहंससुबालमन्त्रिकानिरालम्बत्रिशिखीब्राह्मणमण्डलब्राह्मणाद्वयतारकपैङ्गलभिक्षुतुरीयातीताध्यात्मतारसारयाज्ञवल्क्यशाट्यायनीमुक्तिकानां शुक्लयजुर्वेदगतानामेकोनविंशतिसंख्याकानामुपनिषदां पूर्णमद इति शान्तिः ॥2॥

ईशावास्य, बृहदारण्यक, जाबाल, हंस, परमहंस, सुबाल, मंत्रिका, निरालम्ब, त्रिशिखिब्राह्मण, मण्डलब्राह्मण, अद्वयतारक, पैंगल, भिक्षुक, तुरीयातीतावधूत, अध्यात्म, तारसार, याज्ञवल्क्य, शाट्यायनी और मुक्तिका—इन उन्नीस शुक्लयजुर्वेदान्तर्गत उपनिषदों का शान्तिपाठ 'पूर्णमदः' आदि मंत्र है।

कठवल्लीतैत्तिरीयकब्रह्मकैवल्यश्वेताश्वतरगर्भनारायणामृतबिन्द्वमृतनादकालाग्निरुद्रक्षुरिकासर्वसारशुकरहस्यतेजोबिन्दुध्यानबिन्दुब्रह्मविद्यायोगतत्त्वदक्षिणामूर्तिस्कन्दशारीरकयोगशिखैकाक्षराक्ष्यवधूतकठरुद्रहृदययोगकुण्डलिनीपञ्चब्रह्मप्राणाग्निहोत्रवराहकलिसंतारणसरस्वतीरहस्यानां कृष्णयजुर्वेदगतानां द्वात्रिंशत्संख्याकानामुपनिषदां सह नाववत्विति शान्तिः ॥3॥

कठ, तैत्तिरीय, ब्रह्म, कैवल्य, श्वेताश्वतर, गर्भ, नारायण, अमृतबिन्दु, अमृतनाद, कालाग्निरुद्र, क्षुरिका, सर्वसार, शुकरहस्य, तेजोबिन्दु, ध्यानबिन्दु, ब्रह्मविद्या, योगतत्त्व, दक्षिणामूर्ति, स्कन्द, शारीरक, योगशिखा, एकाक्षर, अक्षि, अवधूत, कठरुद्र, रुद्रहृदय, योगकुण्डलिनी, पंचब्रह्म, प्राणाग्निहोत्र, वराह, कलिसंतरण और सरस्वतीरहस्य—इस बत्तीस कृष्णयजुर्वेदान्तर्गत उपनिषदों का शान्तिपाठ 'सह नाववतु०' आदि मन्त्र है।

केनच्छान्दोग्यारुणिमैत्रायणिमैत्रेयीवज्रसूचिकायोगचूडामणिवासुदेवमहत्संन्यासाव्यक्तकुण्डिकासावित्रीरुद्राक्षजाबालदर्शनजाबालीनां सामवेदगतानां षोडशसंख्याकानामुपनिषदामाप्यायन्त्विति शान्तिः ॥4॥

केन, छान्दोग्य, आरुणि, मैत्रायणि, मैत्रेयी, वज्रसूचिका, योगचूडामणि, वासुदेव, महा, संन्यास, अव्यक्त, कुण्डिका, सावित्री, रुद्राक्षजाबाल, जाबालदर्शन और जाबालि—इन सोलह सामवेदान्तर्गत उपनिषदों का शान्तिपाठ 'आप्यायन्तु०' आदि मंत्र है।

प्रश्नमुण्डकमाण्डूक्याथर्वशिरोऽथर्वशिखाबृहज्जाबालनृसिंहतापनीनारदपरिव्राजकसीताशरभमहानारायणरामरहस्यरामतापनीशाण्डिल्यपरमहंसपरिव्राजकान्नपूर्णासूर्यात्मपाशुपतपरब्रह्मत्रिपुरातपनदेवीभावनाभस्मजाबालगणपतिमहावाक्यगोपालतपनकृष्णहयग्रीवदत्तात्रेयगारुडानामथर्ववेदगतानामेकत्रिंशत्संख्याकानामुपनिषदां भद्रं कर्णेभिरिति शान्तिः ॥5॥

प्रश्न, मुण्डक, माण्डूक्य, अथर्वशिर, अथर्वशिखा, बृहज्जाबाल, नृसिंहतापिनी, नारदपरिव्राजक, सीता, शरभ, त्रिपाद्विभूतिमहानारायण, रामरहस्य, रामतापनी, शाण्डिल्य, परमहंसपरिव्राजक, अन्नपूर्णा, सूर्य, आत्मा, पाशुपतब्रह्म, परब्रह्म, त्रिपुरातापिनी, देवी, भावना, भस्मजाबाल, गणपति, महावाक्य, गोपालतापिनी, कृष्ण, हयग्रीव, दत्तात्रेय और गरुड—इन इकतीस अथर्ववेदान्तर्गत उपनिषदों का शान्तिपाठ 'भद्रं कर्णेभिः०' आदि मंत्र है।

मुमुक्षवः पुरुषाः साधनचतुष्टयसंपन्नाः श्रद्धावन्तं सत्कुलभवं श्रोत्रियं शास्त्रवात्सल्यं गुणवन्तमकुटिलं सर्वभूतहिते रतं दयासमुद्रं सद्गुरुं विधिवदुपसंगम्योपहारपाणयोऽष्टोत्तरशतोपनिषदं विधिवदधीत्य श्रवणमननिदिध्यासनानि नैरन्तर्येण कृत्वा प्रारब्धक्षयाद्देहत्रयभङ्गं प्राप्योपाधिविनिर्मुक्तघटाकाशवत् परिपूर्णता विदेहमुक्तिः। सैव कैवल्यमुक्तिरिति ॥6॥

अत एव ब्रह्मलोकस्था अपि ब्रह्ममुखाद्वेदान्तश्रवणादि कृत्वा तेन सह कैवल्यं लभन्ते। अतः सर्वेषां कैवल्यमुक्तिर्ज्ञान मात्रेणोक्ता न कर्मसांख्ययोगोपासनादिभिरित्युपनिषत् ॥7॥

इति द्वितीयः खण्डः

साधनचतुष्टय से युक्त मुमुक्षु लोग श्रद्धालु होकर कुलीन, श्रोत्रिय, शास्त्रों और वात्सल्य आदि गुणों वाले, सरल एवं सभी प्राणियों के कल्याण में परायण, दयासागर, सद्गुरु के पास विधिपूर्वक जाकर, हाथ में कुछ उपहार लेकर, एक सौ आठ उपनिषदों को पढ़कर निरन्तर श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदि करके, प्रारब्ध कर्मों के क्षय से देह को छोड़कर उपाधि से विनिर्मुक्त घटाकाश की तरह परिपूर्णता यानी विदेहमुक्ति प्राप्त करता है। कैवल्यमुक्ति भी यही कहलाती है। इसीलिए ब्रह्मा के लोक में रहे हुए लोग भी ब्रह्मा के मुख से वेदान्तश्रवण करके उनके साथ ही कैवल्य की प्राप्ति करते हैं। इसीलिए सभी की कैवल्यमुक्ति केवल ज्ञान से ही होती है। कर्ममार्ग या सांख्ययोग से नहीं होती ऐसा यह उपनिषत् कहती है, यहाँ प्रथम अध्याय पूरा हुआ।

द्वितीयोऽध्यायः

अथ हैनं श्रीरामचन्द्रं मारुतिः पप्रच्छ। केयं वा जीवन्मुक्तिः विदेहमुक्तिः किं वा तत्र प्रमाणं कथं वा तत्सिद्धिः सिद्ध्या वा किं प्रयोजनमिति। स होवाच श्रीरामः। पुरुषस्य कर्तृत्वभोक्तृत्वसुखदुःखादिलक्षणश्चित्तधर्मः क्लेशरूपत्वाद् बन्धो भवति। तन्निरोधनं जीवन्मुक्तिः। उपाधिविनिर्मुक्तघटाकाशवत्प्रारब्धक्षयाद्विदेहमुक्तिः जीवन्मुक्तिविदेहमुक्त्योरष्टोत्तरशतोपनिषदः प्रमाणम्। कर्तृत्वादिदुःखनिवृत्तिद्वारा नित्यानन्दावाप्तिः प्रयोजनं भवति। तत्पुरुषप्रयत्नसाध्यं भवति। यथा पुत्रकामेष्टिना पुत्रं वाणिज्यादिना वित्तं ज्योतिष्टोमेन स्वर्गं तथा पुरुष प्रयत्नसाध्यवेदान्तश्रवणादिजनितसमाधिना जीवन्मुक्त्यादिलाभो भवति। सर्ववासनाक्षयात्तल्लाभः।

तब श्रीरामचन्द्र से मारुति (हनुमान्) ने पूछा—"यह जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्ति की सिद्धि कैसी होती है ? इस सिद्धि से क्या प्रयोजन है ? इसमें प्रमाण क्या है ?" तब श्रीराम ने कहा—"कर्तृत्व,

भोक्तृत्व, सुख, दुःख आदि लक्षणवाला चित्त का धर्म होता है। यह क्लेशरूप होने से बन्धन का कारण होता है। उसका निरोध करना ही जीवन्मुक्ति है। घट रूप उपाधि से मुक्त घटाकाश की तरह प्रारब्ध कर्मों का क्षय हो जाने से विदेहमुक्ति होती है। जीवन्मुक्ति और विदेहमुक्ति के विषय में एक सौ आठ उपनिषदें प्रमाण हैं। कर्तृत्व आदि के दुःख के निवारण द्वारा नित्य आनंद की प्राप्ति इसका प्रयोजन है। यह प्रयोजन मनुष्य के प्रयत्नों द्वारा साध्य किया जा सकता है। जिस प्रकार पुत्रकामेष्टि के द्वारा पुत्र, व्यापारादि के द्वारा धन, ज्योतिष्टोम से स्वर्ग प्राप्त किया जाता है, वैसे ही पुरुष के प्रयत्नों द्वारा साध्य वेदान्त के श्रवण आदि के द्वारा जीवन्मुक्ति आदि का लाभ होता है। सर्ववासनाओं के क्षय हो जाने से वह लाभ होता है।

अत्र श्लोका भवन्ति—

उच्छास्त्रं शास्त्रितं चेति पौरुषं द्विविधं मतम्।
तत्रोच्छास्त्रमनर्थाय परमार्थाय शास्त्रितम् ॥1॥
लोकवासनया जन्तोः शास्त्रवासनयाऽपि च।
देहवासनया ज्ञानं यथावन्नैव जायते ॥2॥
द्विविधो वासनाव्यूहः शुभश्चैवाशुभश्च तौ।
वासनौघेन शुद्धेन तत्र चेदनुनीयसे ॥3॥
तत्क्रमेणाशु तेनैव मामकं पदमाप्नुहि।
अथ चेदशुभो भावस्त्वां योजयति संकटे ॥4॥
प्राक्तनस्तदसौ यत्नाज्जेतव्यो भवता कपे।
शुभाशुभाभ्यां मार्गाभ्यां वहन्ती वासनासरित् ॥5॥

इस विषय में ये श्लोक हैं—शास्त्रविमुख और शास्त्रीय—ऐसे दो पुरुषार्थ होते हैं। उनमें से शास्त्रविमुख अनर्थ के लिए होता है, और शास्त्रीय परमार्थ के लिए होता है। मनुष्य में रही हुई लोकवासना, शास्त्रवासना और देहवासना—तीनों होने से ज्ञान ठीक तौर से भासित नहीं होता। वासनाओं का व्यूह शुभ और अशुभ—दो प्रकार का होता है। यदि तुम शुभवासनाओं के समूह द्वारा प्रेरित हुए हो, तब क्रमशः मेरे पद को प्राप्त करोगे। और यदि अशुभ भाव से प्रेरित हो, तो वह तुम्हें संकट में डालेगा। हे कपि! उस पहले अशुभमार्ग के निरोध के द्वारा उसे जीतना चाहिए। यह वासनारूपी नदी शुभ और अशुभ—दोनों मार्गों से बह रही है।

पौरुषेण प्रयत्नेन योजनीया शुभे पथि।
अशुभेषु समाविष्टं शुभेष्वेवावतारयेत् ॥6॥
अशुभाच्चालितं याति शुभं तस्मादपीतरत्।
पौरुषेण प्रयत्नेन लालयेच्चित्तबालकम् ॥7॥
द्रागभ्यासवशाद्याति यदा ते वासनोदयम्।
तदाऽभ्यासस्य साफल्यं विद्धि त्वमरिमर्दन ॥8॥
सन्दिग्धायामपि भृशं शुभामेव समाचर।
शुभायां वासनावृद्धौ न दोषाय मरुत्सुत ॥9॥
वासनाक्षयविज्ञानमनोनाशा महामते।
समकालं चिराभ्यस्ता भवन्ति फलदा मताः ॥10॥

बड़े पुरुषार्थरूप प्रयत्न से इस वासनासरिता को शुभ मार्ग की ओर मोड़ देना चाहिए। और अशुभों में प्रविष्ट चित्त को शुभ कार्यों में उतारना (लगा देना) चाहिए। अशुभ से शुभ की ओर मोड़ा गया यह चित्त भी कभी दूसरी (अशुभ की) ओर झुक जाता है, इसलिए चित्त को बच्चे की तरह लाड़ लड़ाकर काम लेना चाहिए। यदि अभ्यास की पटुता के कारण यदि शुभ वासना का उदय हो जाता है, तब तो तुम्हें अभ्यास की सफलता मान लेनी चाहिए। हे शत्रुनाशन! इसमें तुम्हें यदि कोई सन्देह हो, तो भी शुभ वासना का अनुसरण एकदम करते ही रहना चाहिए। क्योंकि हे पवनपुत्र! शुभवासना की वृद्धि में तो कोई दोष है ही नहीं। दुर्वासनाओं का क्षय, विज्ञान और मनोनाश—इन तीनों का अभ्यास एक ही साथ करना चाहिए क्योंकि हे महामति! एक साथ इन तीनों का अभ्यास फलदायक होता है, ऐसा माना जाता है।

त्रयमेते समं यावन्नाभ्यस्ताश्च पुनः पुनः।
तावन्न पदसम्प्राप्तिर्भवत्यपि समाशतैः ॥11॥
एकैकशो निषेव्यन्ते यद्येते चिरमप्यलम्।
तन्न सिद्धिं प्रयच्छन्ति मन्त्राः संकीर्णिता इव ॥12॥
त्रिभिरेतैश्चिराभ्यस्तैर्हृदयग्रन्थयो दृढाः।
निःशङ्कमेव त्रुट्यन्ति बिसच्छेदाद्गुणा इव ॥13॥
जन्मान्तरशताभ्यस्ता मिथ्या संसारवासना।
सा चिराभ्यासयोगेन विना न क्षीयते क्वचित् ॥14॥
तस्मात्सौम्य प्रयत्नेन पौरुषेण विवेकिना।
भोगेच्छां दूरतस्त्यक्त्वा त्रयमेव समाश्रय ॥15॥

इन तीनों का जहाँ तक एक साथ बार-बार अभ्यास नहीं किया जाएगा, वहाँ तक तो सैंकड़ों वर्षों के बाद भी मेरे पद की प्राप्ति नहीं हो सकती। यदि उनका एक-एक करके अलग अभ्यास किया जाएगा, तब तो लम्बे समय तक भी, मन्त्रों के अलग-अलग पढ़ने से जैसे सिद्धि नहीं होती, वैसे ही सिद्धि हो ही नहीं सकती। परन्तु इन तीनों के एक साथ अभ्यास करने से, लम्बे समय के बाद अवश्य ही हृदय की दृढ ग्रन्थियाँ भी टूट ही जाती हैं, जैसे काटने के साधन से रस्सियाँ कट जाती हों। इसलिए जन्मजन्मान्तर से अभ्यस्त संसारवासना जो कि मिथ्या ही है, वह लम्बे अभ्यास के योग के बिना तो कहीं नष्ट हो ही नहीं सकती। इसलिए हे सौम्य! विवेकी बुद्धि से बहुत प्रबल पुरुषार्थ द्वारा भोग की इच्छा को दूर से ही छोड़कर इन तीनों का—वासनाक्षय, विज्ञान और मनोनाश का—अवलम्बन कर लो।

तस्माद्वासनया युक्तं मनो बद्धं विदुर्बुधाः।
सम्यग्वासनया त्यक्तं मुक्तमित्यभिधीयते।
मनोनिर्वासनीभावमाचराशु महाकपे ॥16॥
सम्यगालोकनात् सत्याद्वासना प्रविलीयते।
वासनाविलये चेतः शममायाति दीपवत् ॥17॥
वासनां सम्परित्यज्य मयि चिन्मात्रविग्रहे।
यस्तिष्ठति गतव्यग्रः सोऽहं सच्चित्सुखात्मकः ॥18॥
समाधिमथ कर्माणि मा करोतु करोतु वा।
हृदयेनात्तसर्वेहो मुक्त एवोत्तमाशयः ॥19॥

इसलिए ज्ञानियों ने वासनायुक्त मन को ही 'बद्ध' माना है और वासनाओं से अच्छी तरह छूटा हुआ मन मुक्त माना है। हे कपि ! इसलिए तुम शीघ्र ही मन के वासनारहित भाव का आचरण करो। सत् पदार्थ का अच्छी तरह अवलोकन करने से वासना का विलय हो जाता है, और वासना के विलय से मन दीपक की तरह शान्त हो जाता है। जो मनुष्य वासना को छोड़कर चिन्मात्रस्वरूप ऐसे मुझमें व्यग्रता को छोड़कर स्थित रहता है, वह तो मैं ही सत्-चित्-सुखात्मक हूँ। (वह मेरा ही स्वरूप होता है।) वह फिर समाधि करे या न करे, और कार्य करे या न करे, हृदय से ही सभी कामनाओं को प्राप्त हुआ वह उत्तम आशयवाला मनुष्य मुक्त ही है, ऐसा समझना चाहिए।

नैष्कर्म्येण न तस्यार्थस्तस्यार्थोऽस्ति न कर्मभिः।
न समाधानजाप्याभ्यां यस्य निर्वासनं मनः ॥20॥
सन्त्यक्तवासनान्मौनादृते नास्त्युत्तमं पदम् ॥21॥
वासनाहीनमप्येतच्चक्षुरादीन्द्रियं स्वतः।
प्रवर्तते बहिः स्वार्थे वासनामात्रकारणम् ॥22॥
अयत्नोपनतेष्वक्षि दृग्द्रव्येषु यथा पुनः।
नीरागमेव पतति तद्वत् कार्येषु धीरधीः ॥23॥

फिर उसका न तो नैष्कर्म्य से कोई अर्थ है, न वा कर्मों से। जिसका मन ही वासनारहित हो गया है उसे तो साधनसहित जपादि से भी कोई मतलब नहीं है। वासनारहित मौन के सिवा उसके लिए कोई उत्तम पद नहीं है। वह मन वासनारहित होने पर भी चक्षुरादि इन्द्रियाँ तो स्वत: बाहर अपने विषयों में प्रवर्तित होते ही रहते हैं, वे केवल वासना के कारण हैं। अनायास लाए गए जले हुए पदार्थों में आँख पड़ने पर भी उसमें आसक्ति नहीं होती, उसी प्रकार धीर बुद्धि वाला भी कार्यों में उसी आसक्ति-रहित भाव को ही रखता है।

भावसंवित्प्रकटितामनुरूपां च मारुते।
चित्तस्योत्पत्त्युपरमां वासनां मुनयो विदुः ॥24॥
दृढाभ्यस्तपदार्थैकभावनादतिचञ्चलम्।
चित्तं सञ्जायते जन्मजरामरणकारणम् ॥25॥
वासनाऽऽवशतः प्राणस्पन्दस्तेन च वासना।
क्रियते चित्तबीजस्य तेन बीजाङ्कुरक्रमः ॥26॥
द्वे बीजे चित्तवृक्षस्य प्राणस्पन्दनवासने।
एकस्मिंश्च तयोः क्षीणे क्षिप्रं द्वे अपि नश्यतः ॥27॥

हे मारुति ! भावरूप पदार्थों को विषय करने वाली, अभिलषित उन पदार्थों के अनुरूप चित्त की वृत्ति को ही मुनि लोग वासना कहते हैं। और दृढ रूप से उन पदार्थों में भावनाएँ करते रहने के अभ्यास से चंचल बना हुआ मन ही जन्म और मरण का कारण बन जाता है। उन वासनाओं के कारण से ही प्राण का स्पन्दन होता है। और उससे फिर वासनाएँ होती हैं और उस चित्तबीज से फिर स्पन्दन—इस तरह बीजांकुर न्याय से क्रम चलता रहता है। इस चित्तरूपी वृक्ष के दो बीज हैं—एक है प्राणस्पन्दन और दूसरा है वासना। उनमें से एक का भी क्षय (नाश) होने से दोनों का तुरन्त ही नाश हो जाता है।

असङ्गव्यवहारत्वाद्भवभावनवर्जनात्।
शरीरनाशदर्शित्वाद्वासना न प्रवर्तते।

वासनासम्परित्यागाच्चितं गच्छत्यचित्तताम् ॥28॥
अवासनत्वात् सततं यदा न मनुते मनः।
अमनस्ता तदोदेति परमोपशमप्रदा ॥29॥
अव्युत्पन्नमना यावद्भवानज्ञाततत्पदः।
गुरुशास्त्रप्रमाणैस्तु निर्णीतं तावदाचर ॥30॥
ततः पक्वकषायेण नूनं विज्ञातवस्तुना।
शुभोऽप्यसौ त्वया त्याज्यो वासनौघो निराधिना ॥31॥

नि:संग व्यवहार से, संसार की भावना के त्याग से और शरीर के नाश होने के विचार से वासना फिर प्रवृत्त नहीं होती और वासना के परित्याग से तो चित्त, 'अचित्त' ही हो जाता है। इस प्रकार सतत वासनाओं के अभाव से जब मन कुछ भी सोचता नहीं है, तब परम उपशम को देने वाली अमनस्कता का उदय होता है। जब तक तुमने उस परम पदार्थ को जाना नहीं है, और जब तक तुम्हारा मन पूरा व्युत्पन्न नहीं हो पाया है, तब तक जो गुरु और शास्त्र का निश्चित प्रमाण है, उसके अनुसार ही आचरण करते रहो। और इसके बाद जब तुम्हारे कषाय (संचित कर्म) पक्व हो जाएँगे, तब वस्तु को यथार्थ रूप में जानकर तुम आधिरहित होकर यह शुभ मार्ग भी छोड़ दोगे।

द्विविधश्चित्तनाशोऽस्ति सरूपोऽरूप एव च।
जीवन्मुक्तौ सरूपः स्यादरूपो देहमुक्तिगः ॥32॥
अस्य नाशमिदानीं त्वं पावने शृणु सादरम्।
चित्तनाशाभिधानं हि यदा ते विद्यते पुनः ॥33॥
मैत्र्यादिभिर्गुणैर्युक्तं शान्तिमेति न संशयः।
भूयोजन्मविनिर्मुक्तं जीवन्मुक्तस्य तन्मनः ॥34॥
सरूपोऽसौ मनोनाशो जीवन्मुक्तस्य विद्यते।
अरूपस्तु मनोनाशो वैदेहीमुक्तिगो भवेत् ॥35॥
सहस्राङ्कुरशाखात्मफलपल्लवशालिनः।
अस्य संसारवृक्षस्य मनो मूलमिदं स्थितम् ॥36॥
संकल्प एव तन्मन्ये संकल्पोपशमेन तत्।
शोषयाशु यथा शोषमेति संसारपादपः ॥37॥

चित्तनाश दो प्रकार का होता है—एक सरूप और दूसरा अरूप। जीवन्मुक्त का सरूप और विदेहमुक्त का अरूप चित्तनाश होता है। वे पवनपुत्र ! इस चित्तनाश के बारे में मैं कहता हूँ, यह तुम आदरपूर्वक सुनो। यह चित्तनाश ऐसा है कि, पहले जब चित्त मैत्री आदि गुणों से युक्त होता है, तब शान्ति को प्राप्त होता है, इसमें कोई भी सन्देह नहीं है। ऐसी शान्ति में वह पुनर्जन्म से मुक्त हो जाता है, वही जीवन्मुक्त का मन है। इसी को जीवन्मुक्त का सरूप मनोनाश कहा जाता है। परन्तु अरूप मनोनाश तो विदेहमुक्ति के बाद ही हो सकता है। हजारों अंकुरों, पल्लवों, शाखाओं और फलों वाले इस संसार-वृक्ष के मूल रूप में तो यह मन का संकल्प ही रहा है। इसलिए संकल्प का शमन करके तुम संकल्पों को ही सुखा दो (शुष्क कर दो) जल्दी ही इसे सुखा दो कि जिससे संसाररूपी वृक्ष सूख जाए।

उपाय एक एवास्ति मनसः स्वस्य निग्रहे।
मनसोऽभ्युदयो नाशो मनोनाशो महोदयः ॥38॥

ज्ञमनो नाशमभ्येति मनोज्ञस्य हि शृङ्खला ॥39॥
तावन्निशीव वेताला वल्गन्ति हृदि वासनाः ।
एकतत्त्वदृढाभ्यासाद्यावन्न विजितं मनः ॥40॥
प्रक्षीणचित्तदर्पस्य निगृहीतेन्द्रियद्विषः ।
पद्मिन्य इव हेमन्ते क्षीयन्ते भोगवासनाः ॥41॥

अपने मन के निग्रह का एक ही उपाय है। जीवन्मुक्ति में मन के सरूप नाश को अभ्युदय और विदेहमुक्ति में मन के अरूप नाश को महोदय कहा जाता है। ज्ञानी का मन तो नाश ही प्राप्त करता है और अज्ञानी का मन ही शृंखला है। रात्रि में वेतालों की तरह चित्त में वासनाएँ केवल तभी तक नाचा करती हैं, जब तक कि एक तत्त्व के दृढ़ अभ्यास से मन जीत लिया न गया हो। जिसके चित्त का दर्प क्षीण हो गया हो, जिसने इन्द्रियों के शत्रुओं को जीत लिया हो, ऐसे मनुष्य की भोगवासनाएँ तो हेमन्त ऋतु में पद्मिनियों की तरह क्षीण हो जाती हैं।

हस्तं हस्तेन संपीड्य दन्तैर्दन्तान् विचूर्ण्य च ।
अङ्गान्यङ्गैः समाक्रम्य जयेदादौ स्वकं मनः ॥42॥
उपविश्योपविश्यैकां चिन्तकेन मुहुर्मुहुः ।
न शक्यते मनो जेतुं विना युक्तिमनिन्दिताम् ॥43॥
अङ्कुशेन विना मत्तो यथा दुष्टमतङ्गजः ।
अध्यात्मविद्याधिगमः साधुसंगतिरेव च ॥44॥
वासनासम्परित्यागः प्राणस्पन्दनिरोधनम् ।
एतास्ता युक्तयः पुष्टाः सन्ति चित्तजये किल ॥45॥

हाथ से हाथ को जोर से मलकर और दाँतों को दाँत से जोर से घिसकर, अंगों को अंगों से आक्रान्त करके अर्थात् बड़े जोर से (पूरे बल से) अपने मन को जीत लेना चाहिए। केवल बैठे ही रहने से और मन में केवल विचार करने पर किसी युक्ति (अच्छी कारगर युक्ति) के बिना तो मन कभी जीता नहीं जा सकता। दुष्ट हाथी की तरह अंकुश के बिना (किसी युक्ति के बिना) तो वश में आ ही नहीं सकता। ये युक्तियाँ हैं, एक तो अध्यात्मविद्या की जानकारी, दूसरी है साधुओं की संगति और तीसरी युक्ति है वासनाओं का परित्याग, चौथी युक्ति है प्राणों के स्पन्द का निरोध। ये सभी युक्तियाँ चित्त के जय के लिए पुष्ट मानी गई हैं।

सतीषु युक्तिष्वेतासु हठान्नियमयन्ति ये ।
चेतसो दीपमुत्सृज्य विचिन्वन्ति तमोऽञ्जनैः ॥46॥
विमूढाः कर्तुमुद्युक्ता ये हठाच्चेतसो जयम् ।
ते निबध्नन्ति नागेन्द्रमुन्मत्तं विसतन्तुभिः ॥47॥
द्वे बीजे चित्तवृक्षस्य वृत्तिव्रततिधारिणः ।
एकं प्राणपरिस्पन्दो द्वितीयं दृढभावना ॥48॥
सा हि सर्वगता संवित् प्राणस्पन्देन चाल्यते ।
चित्तैकाग्र्याद्यतो ज्ञानमुक्तं समुपजायते ॥49॥
तत्साधनमथो ध्यानं यथावदुपदिश्यते ।
विलाप्य विकृतिं कृत्स्नां सम्भवव्यत्ययक्रमात् ।
परिशिष्टं च चिन्मात्रं चिदानन्दं विचिन्तय ॥50॥

ये युक्तियाँ होने पर भी जो लोग हठ से मन को नियन्त्रण में लाने का प्रयत्न करते हैं, वे तो दीपक को छोड़कर अंजन से ही अन्धकार को दूर करने का व्यर्थ-सा प्रयत्न कर रहे हैं। जो इस प्रकार हठ से मन का विजय करने का प्रयत्न करते हैं, वे तो ऐसे विमूढ हैं कि मानो बिसतन्तुओं से मत्त हस्तिराज को बाँधने का प्रयत्न करते हों। वृत्तियों के ही व्रती (सतत वृत्तिशील) चित्तरूपी वृक्ष के दो बीज हैं। एक प्राणपरिस्पन्द है और दूसरा है दृढ़भावना। वह संसार की दृढ भावना प्राण के स्पन्दन से संचालित होती रहती है। प्राणायाम करने से चित्तचलन की शान्ति होती है और चित्त की उस एकाग्रता से ब्रह्मज्ञान उत्पन्न होता है। चित्त को एकाग्र करने का साधन ध्यान है। वह यहाँ पर यथातथ उपदिष्ट किया जाता है कि सृष्टिगत सारी विकृतियों को (सारी सृष्टि को ही) ब्रह्म में विलय करके (ब्रह्म से ही जन्म और ब्रह्म में ही लीन, ऐसा ध्यान करके) सृष्टि के सिवा अविशिष्ट रहे हुए एकमात्र सच्चिदानन्दस्वरूप का ही चिन्तन (ध्यान) करो।

अपानेऽस्तङ्गते प्राणो यावन्नाभ्युदितो हृदि ।
तावत् सा कुम्भकावस्था योगिभिर्यानुभूयते ॥51॥
बहिरस्तंगते प्राणे यावन्नापान उद्गतः ।
तावत्पूर्णा समावस्थां बहिष्ठं कुम्भकं विदुः ॥52॥
ब्रह्माकारमनोवृत्तिप्रवाहोऽहङ्कृतिं विना ।
सम्प्रज्ञातसमाधिः स्याद्ध्यानाभ्यासप्रकर्षतः ॥53॥
प्रशान्तवृत्तिकं चित्तं परमानन्ददायकम् ।
असम्प्रज्ञातनामाऽयं समाधिर्योगिनां प्रियः ॥54॥

(ध्यान एक साधन यह भी है कि जिसे सहजकुंभक का अभ्यास कहते हैं।) जब अपान का अस्त हो जाता है और हृदय में जहाँ तक प्राण का अभ्युदय नहीं होता, वहाँ तक की अवस्था कुंभक अवस्था है, जो योगियों के द्वारा अनुभव की जाती है। (अर्थात् हृदयाकाश में अपान का भी अस्त और प्राण का अनुदय हो, ऐसी बुद्धि की स्थिरता को अन्तःकुंभक कहते हैं।) नाक के बाहर बारह अंगुल के परिमाण में बाह्याकाश में यदि प्राण अस्त हो और अपान का उद्गम न हो, तो वहाँ तक की उस सन्धि को बाह्यकुंभक कहते हैं। अहंकार के बिना ब्रह्माकारमनोवृत्ति का प्रवाह जब ध्यान के अभ्यास की उत्कृष्टता से हो, तब संप्रज्ञात समाधि होती है। जब चित्त की सभी वृत्तियाँ शान्त हो जाती हैं और चित्त परम आनन्ददायक हो जाता है, तब यह योगियों को प्रिय लगने वाली असंप्रज्ञात समाधि होती है।

प्रभाशून्यं मनःशून्यं बुद्धिशून्यं चिदात्मकम् ।
अतद्व्यावृत्तिरूपोऽसौ समाधिर्मुनिभावितः ॥55॥
ऊर्ध्वपूर्णमधःपूर्णं मध्यपूर्णं शिवात्मकम् ।
साक्षाद्विधिमुखो ह्येष समाधिः पारमार्थिकः ॥56॥
दृढभावनया त्यक्तपूर्वापरविचारणम् ।
यदादानं पदार्थस्य वासना सा प्रकीर्तिता ॥57॥
भावितं तीव्रसंवेगादात्मना यत्तदेव सः ।
भवत्याशु कपिश्रेष्ठ विगतेतरवासनः ॥58॥

यह असंप्रज्ञात समाधि जाग्रदादि प्रभा से शून्य, वृत्यादि मन से शून्य, बुद्धि से भी शून्य केवल चिदात्मक ही होता है। और यह अतद्—नेति नेति से आत्मा से अतिरिक्त वस्तु की व्यावृत्ति करने

वाली होती है, यह समाधि मुनियों के द्वारा अनुभूत है। यह समाधि ऊपर से भी पूर्ण है, नीचे से भी पूर्ण है, मध्य में भी पूर्ण ही है, यह श्रुतिसिद्ध है, और यही पारमार्थिक (सही) समाधि है और आगे-पीछे का कोई विचार किए बिना ही दृढ़भावना से जिस किसी पदार्थ का जो ग्रहण किया जाता है, वही वासना है। हे कपिश्रेष्ठ ! वही तो तीव्र संवेग से आत्मा में अनुभूत किया जा रहा है। परन्तु जैसे तीव्र संवेग से आत्मा में वासना का अनुभव होता है, वैसे ही अन्य वासनाओं से मुक्त पुरुष भी तीव्र संवेग से हो सकता है।

तादृग्रूपो हि पुरुषो वासनाविवशीकृतः।
सम्पश्यति यदैवैतत् सद्वस्त्विति विमुह्यति ॥59॥
वासनावेगवैचित्र्यात् स्वरूपं न जहाति तत्।
भ्रान्तं पश्यति दुर्दृष्टिः सर्वं मदवशादिव ॥60॥
वासना द्विविधा प्रोक्ता शुद्धा च मलिना तथा।
मलिना जन्महेतुः स्याच्छुद्धा जन्मविनाशिनी ॥61॥
अज्ञानसुघनाकारा घनाहंकारशालिनी।
पुनर्जन्मकरी प्रोक्ता मलिना वासना बुधैः ॥62॥

वासना के द्वारा वश किया पुरुष वैसा ही (उसी प्रकार का ही) हो जाता है। वह किसी वस्तु को देखता है, और यही सत्य वस्तु है, ऐसा मान भी लेता है और उसमें मोहित भी हो जाता है। वासनाओं के वेग की विचित्रता से वह वस्तु अपना वह स्वरूप भी नहीं छोड़ती। ऐसा होने से वह दूषित दृष्टि वाला मनुष्य मानो नशे में हो, इस तरह भ्रमपूर्ण ही देखता है। यह वासना दो प्रकार की है, एक है शुद्ध वासना और दूसरी अशुद्ध (मलिन) वासना। जो मलिन वासना है, वह जन्म का कारण होती है, और जो शुद्ध वासना है, वह जन्म का विनाश करने वाली होती है। बुद्धिमान मनुष्य अज्ञान के सघन आकारवाली गाढ अहंकार से युक्त, पुनर्जन्मकारिणी वासना को ही मलिन वासना कहते हैं।

पुनर्जन्माङ्कुरं त्यक्त्वा स्थितिः सम्भृष्टबीजवत्।
बहुशास्त्रकथाकन्थारोमन्थेन वृथैव किम्।
अन्वेष्टव्यं प्रयत्नेन मारुते ज्योतिरान्तरम् ॥63॥
दर्शनादर्शने हित्वा स्वयं केवलरूपतः।
य आस्ते कपिशार्दूल ब्रह्म स ब्रह्मवित् स्वयम् ॥64॥
अधीत्य चतुरो वेदान् सर्वशास्त्राण्यनेकशः।
ब्रह्मतत्त्वं न जानाति दर्वी पाकरसं यथा ॥65॥
स्वदेहाशुचिगन्धेन न विरज्येत यः पुमान्।
विरागकारणं तस्य किमन्युदपदिश्यते ॥66॥

इसलिए पुनर्जन्म के अंकुररूप उस वासना (अशुद्ध वासना) को छोड़कर जले हुए बीज की-सी स्थिति करनी चाहिए। बहुत से शास्त्रों की कथाओं की बार-बार वृथा जुगाली करते रहने से क्या फायदा होगा ? इसलिए हे मारुति ! प्रयत्न करके भीतर के ज्योति को ही खोज लेना चाहिए। दर्शन-अदर्शन आदि सभी विकल्पों को छोड़कर जो स्वयं कैवल्यरूप से ही ब्रह्म में अवस्थित रहता है, वह हे वानरसिंह ! स्वयं ब्रह्म हो जाता है। चारों वेदों को पढ़कर, अनेक शास्त्र पढ़कर भी मनुष्य जिस तरह दर्वी भोजन का रस नहीं जानता, वैसे ही शास्त्र के मर्म को नहीं पहचान सकते। अपने देह की अपवित्र

गन्ध को पाकर भी जिस मनुष्य में वैराग्य उत्पन्न नहीं होता, उसे भला और कौन-सा उपदेश दिया जाए ?

अत्यन्तमलिनो देहो देही चात्यन्तनिर्मलः।
उभयोरन्तरं ज्ञात्वा कस्य शौचं विधीयते ॥67॥
बद्धो हि वासनाबद्धो मोक्षः स्याद्वासनाक्षयः।
वासनास्त्वं परित्यज्य मोक्षार्थित्वमपि त्यज ॥68॥
मानसीर्वासनाः पूर्वं त्यक्त्वा विषयवासनाः।
मैत्र्यादिवासनानाम्नीर्गृहाणामलवासनाः ॥69॥
ता अप्यतः परित्यज्य ताभिर्व्यवहरन्नपि।
अन्तःशान्तसमस्नेहो भव चिन्मात्रवासनः ॥70॥
तामप्यथ परित्यज्य मनोबुद्धिसमन्विताम्।
शेषस्थिरसमाधानो मयि त्वं भव मारुते ॥71॥

यह देह तो बहुत ही मलिन है, और जो देही (चैतन्य) है, वह बहुत ही निर्मल है। उन दोनों का अन्तर जानकर किसकी पवित्रता का विधान किया जा सकता है ? (किसी का नहीं, क्योंकि देह तो स्वभाव से ही मलिन है, वह पवित्र हो ही नहीं सकता और चैतन्य तो पवित्र ही है, उसके लिए भी पवित्रता के विधान की कोई आवश्यकता नहीं रहती।) जो पुरुष वासनाओं से बद्ध है, वही बद्ध कहा जा सकता है, और जो वासनाओं का क्षय है, वही मोक्ष कहा जाता है। इसलिए तुम सभी वासनाओं को छोड़कर मोक्ष के अर्थित्व को भी छोड़ ही दो। पहले मन में रही हुई सभी विषयों की वासनाओं को छोड़कर मैत्री आदि नाम की वासनाओं को ग्रहण करो। बाद में तो उनको भी छोड़कर, उनके अनुसार ही बाहर वर्तन करते हुए भी भीतर में तो शान्त ही और सर्वसमान स्नेह वाले और केवल चिन्मात्र में ही वासना रखने वाले हो जाओ। हे मारुति ! अन्त में तो मन और बुद्धि में रही हुई उस वासना को भी छोड़कर मुझमें ही स्थिर विश्रान्ति लेने वाले बने रहो।

अशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययं तथाऽरसं नित्यमगन्धवच्च यत्।
अनामगोत्रं मम रूपमीदृशं भजस्व नित्यं पवनात्मजार्तिहन् ॥72॥
दृशिस्वरूपं गगनोपमं परं सकृद्विभातं त्वजमेकमक्षरम्।
अलेपकं सर्वगतं यदद्वयं तदेव चाहं सकलं विमुक्त ॐ ॥73॥
दृशिस्तु शुद्धोऽहमविक्रियात्मको न मेऽस्ति कश्चिद्विषयः स्वभावतः।
पुरस्तिरश्चोर्ध्वमधश्च सर्वतः सुपूर्णभूमाऽहमितीह भावय ॥74॥
अजोऽमरश्चैव तथाऽजरोऽमृतः स्वयंप्रभः सर्वगतोऽहमव्ययः।
न कारणं कार्यमतीत्य निर्मलः सदैव तृप्तोऽहमितीह भावय ॥75॥
जीवन्मुक्तपदं त्यक्त्वा स्वदेहे कालसात्कृते।
विशत्यदेहमुक्तत्वं पवनोऽस्पन्दतामिव ॥76॥

(अब भगवान् राम अपना स्वरूप बताते हैं कि—) शब्दरहित, स्पर्शरहित, रूपरहित, अव्यय (विकाररहित), रसरहित, नित्य और जो गन्धरहित है, नाम और गोत्र से रहित यह मेरा रूप है। हे पवनपुत्र ! हे दुःखनाशन ! तुम मेरे ऐसे स्वरूप की उपासना करो। यह स्वरूप केवल साक्षीस्वरूप है, आकाश के तुल्य व्यापक और निराकार है, एक बार ही प्रकाशित हुआ है—कालातीत रूप से

प्रकाशित है, अजन्मा है, एक है, अक्षर (अच्युत) है, वह निर्लेप है, जो सर्वव्यापक है, जो अद्वैत है, वही मैं हूँ। इसलिए मैं विमुक्त हूँ, मैं ॐकाररूप तुरीयतुरीय हूँ। मैं सर्व का साक्षीस्वरूप हूँ, मैं शुद्ध हूँ, मैं अक्रिय (क्रियारहित) कूटस्थ हूँ। स्वभाव से ही वास्तव में मेरा कोई विषय नहीं है और मैं भी किसी का विषय नहीं हूँ। आगे-पीछे, ऊपर-नीचे, दाँये-बाँये (सर्वत्र) चारों ओर मैं परिपूर्ण भूमा स्वरूप हूँ, ऐसी तुम भावना करो। मेरा कोई जन्म नहीं है, मेरा कोई मरण भी नहीं है, मेरा कोई बुढ़ापा भी नहीं हैं। मैं अमृत हूँ, मैं स्वयंप्रकाशित हूँ, मैं सर्वगत हूँ, मैं अव्यय हूँ। मैं कारण भी नहीं हूँ और कार्य भी नहीं हूँ अर्थात् मैं कार्यकारण का अतिक्रमण करके निर्मल रूप से सदैव परितृप्त रहता हूँ, ऐसी भावना करो। इस प्रकार का ज्ञानी जब अपना यह देह काल से ग्रस्त हो जाता है, तब जीवन्मुक्त के पद को छोड़कर विदेहमुक्ति के पद को, जैसे पवन स्पन्दनराहित्य को प्राप्त करता है, वैसे ही वह प्राप्त कर लेता है।

तदेतदृचाभ्युक्तम्—
तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः। दिवीव चक्षुराततम्। तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते। विष्णोर्यत्परमं पदम् ॥7 7॥
ॐ सत्यमित्युपनिषत्॥

इति मुक्तिकोपनिषत्समाप्ता।

यह बात ऋचा के द्वारा भी कही गई है कि—वही विष्णु का परम पद है, जिसका ज्ञानी लोग ध्यान किया करते हैं। द्योतनात्मक ब्रह्म में मानो चक्षु की तरह अपने आत्मा में ही उस अपरिच्छिन्न व्यापक का वे ध्यान करते हैं। क्योंकि वे विद्वान् ब्रह्मविदों में वरिष्ठ हैं, वे कोपरहित हैं, वे सतत जागरूक होते हैं। वही विष्णु का परम पद है।

इस प्रकार मुक्तिकोपनिषत् समाप्त होती है।

शान्तिपाठः

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

सम्पूर्णोऽयमुपनिषत्समुच्चयः।
ॐ तत्सद्ब्रह्मार्पणमस्तु।

पारिभाषिक शब्दकोश

अ

अक्षय–क्षयरहित, अविनाशी, परमात्मा, अक्षर, (कठ. 1.2.16.) कूटस्थ।

अक्षर–अक्षरब्रह्म - ॐकार, ब्रह्म, परमात्मा, प्रणव, 'न क्षरति–विनश्यति इति अक्षरः'—इस व्युत्पत्ति से अविनाशी ब्रह्म–अक्षरब्रह्म–ओंकार–प्रणव—ये सभी शब्द एक ही तत्त्व के प्रतिपादक हैं। (देखिए माण्डूक्योपनिषत् तथा माण्डूक्य-कारिका)।

अग्नि–वैदिक वाङ्मय का महत्त्वपूर्ण देवता; उसके तीन रूप हैं—आकाश में सूर्य, अन्तरिक्ष में विद्युत् तथा पृथ्वी पर साधारण अग्नि। उसे गृहपति और दिव्य पुरोहित भी कहा गया है। उसे तीन रूपों में कहा गया है—गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि और आहवनीय। मीमांसासूत्रों में इसके छः रूप बतलाए गए हैं; यथा—गार्हपत्य, आवहनीय, दक्षिणाग्नि, सभ्य, आवसध्य और औपासन। अग्नि और आदित्य, इन दोनों को 'भर्ग' भी कहा गया है—'अग्निर्वै भर्गः' (जैमिनिसूत्र—'आदित्यो वै भर्गः' (4.28.2)।

अग्निष्टोम–एक श्रौतयज्ञ। यज्ञ दो प्रकार के होते हैं—सोमयज्ञ और हविर्यज्ञ। जिसमें सोमरस से आहुतियाँ दी जाती हों, उसे सोमयज्ञ और जिसमें दूध-दही-घी आदि की आहुतियाँ दी जाती हों उसे हविर्यज्ञ कहते हैं। अग्निष्टोम सोमयज्ञ के अन्तर्गत है। यह यज्ञ बसन्त ऋतु में किया जाता है। (देखिए—ताण्ड्यब्राह्मण 6.1.1)।

अग्निहोत्र–अग्नि के लिए एक यज्ञविशेष। (इसके लिए एक कथा है; देखिए—तैत्तरीय ब्राह्मण, 2.1.2.5)। अग्निहोत्र के दो प्रकार हैं—मास-पर्यन्त और यावज्जीवन। आजीवन अग्निहोत्र में रोज सुबह-शाम अग्नि को आहुतियाँ दी जाती हैं, एवं अग्निहोत्री का दाह भी उसी अग्नि में होता है, वह अग्नि जीवन तक बुझती नहीं है। यह अग्निहोत्र विवाह के बाद ब्राह्मण बसन्त ऋतु में, क्षत्रिय ग्रीष्म ऋतु में और वैश्य शरद् ऋतु में अग्नि-स्थापन करके शास्त्रविहित विधि और मंत्रों से प्रारम्भ करता है। प्राचीन काल में विविध हव्यों से आहुतियाँ दी जाती थीं; आजकल दूध, दही, घी आदि की आहुतियाँ दी जाती हैं।

अंगन्यास–पूजा आदि षट्कर्मों के अन्तर्गत विभिन्न अंगों को पवित्र करने के लिए, उनमें देवत्व-स्थापन के लिए न्यास की विधि–स्पर्श करने की विधि की जाती है। अंगों को मंत्रोच्चारपूर्वक स्पर्श करने की यह विधि दैनिक पूजा के उपरान्त विशेषतः तान्त्रिक प्रयोगों में की जाती है। स्थिति-भेद से यह मंत्रोच्चारपूर्वक न्यास-स्पर्श की विधि के अंगन्यास, षडंगन्यास, करन्यास आदि कई प्रकार होते हैं। (देखिए—दक्षिणामूर्त्युपनिषत्, 6; योगकुण्डल्युपनिषत्, 2.37-38)।

अङ्गिरा–द्रष्टा ऋषि। इन्हें ब्रह्माजी का मानसपुत्र कहा जाता है। ये अथर्वा ऋषि के भाई लगते हैं। अंगिरा के वंशज आंगिरस कहलाते हैं। कहीं-कहीं अथर्वांगिरस का युग्म में उल्लेख मिलता है।

अंगुष्ठमात्र–मनुष्य की हृदय-गुहा में परमात्मा अंगुष्ठपरिमाण वाला है, ऐसा उपनिषदों का कहना है (कठ. 2.3.17, 2.1.12, 2.1.13)। वह सूर्य के समान प्रकाशमय ज्योति है (श्वेता. 5.8)।

अज–जन्मरहित। यह विशेषण ब्रह्मा, विष्णु, महेश, ईश्वर, कामदेव आदि के लिए प्रयुक्त होता है। ब्रह्म को अज भी कहा गया है। जीव और माया को भी अज कहते हैं (श्वेता. 4.5)। माया को या प्रकृति को 'अजा' कहा गया है।

अजपा (गायत्री, जाप, मन्त्र)–जो जप अनायास सहज ही चलता रहे उसे 'अजपा जाप' कहते हैं। इसे 'सोऽहं' या हंस साधना भी कहा जाता है। इस प्रकार स्वाभाविक रूप से जिस मन्त्र का अविरत जाप चलता है, इसे 'अजपा मंत्र' कहते

हैं। इस साधना में प्राण की शक्ति की-गायत्री की रक्षा होती है, अत: इसे ही 'अजपा गायत्री' भी कहा जाता है।

अजर-जो जीर्ण (वृद्ध) नहीं होता, वह अजर कहा जाता है। इसीलिए देवगण अजर कहे गए हैं। आत्मा, परमात्मा के विशेषण रूप में भी 'अजर' शब्द का प्रयोग होता है। घृतकुमारी औषधि को भी अजरा कहा गया है। जरा(वृद्धत्व)हीन ही अजर का शब्दार्थ है।

अज्ञान-ज्ञान का न होना। अयथार्थानुभव। ज्ञान का विरोधी। इसे ही अविद्या, माया आदि नामों से कहा जाता है। 'रस्सी में साँप या सीप में चाँदी' का उदाहरण इसे समझाने के लिए प्राय: दिया जाता है। वेदान्त में इसके अनेक पर्याय हैं; यथा—अज्ञान, माया, अव्यक्त, अव्याकृत, प्रधान, प्रकृति, अध्यास, शक्ति, उपाधि, त्रिगुणात्मिका, अजा। यद्यपि माया और अविद्या एक ही है, पर थोड़ा भेद यह है कि जब अज्ञान चैतन्य को वश में करता है, तब वह अविद्या होती है और जब चैतन्य अज्ञान को वश में करता है, तब वही अज्ञान माया कहलाता है। अविद्यावशीभूत चैतन्य जीव है और माया को वश में करने वाला चैतन्य ईश्वर है। वह अज्ञान, माया, अविद्या जो कहो, अनादि, अजा (जन्म-रहित) है। यह अनन्त है, अनिर्वचनीय है।

अज्ञान-आवरण-'अज्ञान' वेदान्त में ज्ञान का केवल अभाव नहीं है, वह ज्ञान का विरोधी भावरूप अनिर्वचनीय पदार्थ है। पारमार्थिक सत् तत्त्व को पहचानने के लिए त्रिगुणात्मक भावरूप अज्ञान पदार्थ—माया को जानने की जरूरत है। उस ज्ञानावरोधक अज्ञान के साथ 'आवरण' शब्द का प्रयोग कई जगह पर किया गया है। अर्थात् अज्ञान सही वस्तु को ढँक देता है। इससे पारमार्थिकता नहीं जानी जा सकती। पारमार्थिकता के बदले कुछ और ही दीख पड़ता है, जिसे **'विक्षेप'** कहते हैं। सीप में दिखाई देने वाला रजत 'विक्षेप' है। यह देखकर मोह होता है (गीता, 5.15)। इस तरह अज्ञान (माया) की दो शक्तियाँ हुई—1. 'आवरण' और 2. **'विक्षेप'**। मूल वस्तु को ढँकने वाली शक्ति आवरण है, और उसमें अन्य दिखने वाली शक्ति 'विक्षेप' है। आवरणशक्ति 'सत्' को ढँक देती है और 'विक्षेप' उसमें जगत् दर्शाती है।

अणिमादि (अष्टसिद्धि)-विविध यौगिक साधनाओं से सिद्धियाँ मिलती हैं। ये विशिष्ट शक्तियाँ हैं। अनेक सिद्धियों में आठ मुख्य हैं—(1) अणिमा-शरीर को अणु की तरह सूक्ष्म बनाना, (2) महिमा-शरीर को विशाल बनाना, (3) गरिमा-शरीर को भारी बनाना, (4) लघिमा-शरीर को हल्का बनाना, (5) प्राप्ति-दूरस्थ पदार्थ को प्राप्त करना, (6) प्राकाम्य-इच्छित वस्तु को प्राप्त करना, (7) ईशित्व-सब पर शासन चलाना और (8) वशित्व-सबको अपने वश में लाना। कहीं-कहीं इन सिद्धियों को अलग तरीके से भी लिया गया है। (देखिए सांख्यकारिका-59 और गीता, अ. 19.20-22)।

अणु-किसी पदार्थ के सूक्ष्मातिसूक्ष्म अविभाज्य अंश को 'अणु' कहा जाता है। वह इन्द्रियों से अग्राह्य होता है। अपने मूल पदार्थ के गुण उसमें होते हैं। वह अणु भी उससे सूक्ष्मतम अनेक परमाणुओं के संयोग से बनता है। वैशेषिक दर्शन परमाणुओं के संयोग से सृष्टि-रचना मानता हैं, अत: उन्हें परमाणुवादी कहा जाता है। उपनिषदों में आत्मा को अणु इसलिए माना गया है कि उसका ज्ञान बहुत सूक्ष्म है। तर्क से परे है। (देखिए कठ. 1.2.8 और 1.2.20)।

अतिरात्र यज्ञ-यज्ञ-संस्कृति में यज्ञ दो प्रकार के हैं—1. श्रौत और 2. स्मार्त। श्रुतिप्रतिपादित श्रौत यज्ञों में केलव श्रुतिमंत्रों का और स्मृतिप्रतिपादित स्मार्त यज्ञों में पुराणों और श्रुतिमन्त्रों का प्रयोग होता है। श्रौत यज्ञों में अग्निहोत्र, दर्श-पूर्णमास, चातुर्मास्य, पशुयाग और सोमयाग—ये पाँच यज्ञ आते हैं। इनमें जिस यज्ञ में सोमरस की आहुतियाँ दी जाती हैं, उन्हें सोमयाग और जिनमें दूध, घी आदि की आहुतियाँ दी जाती हैं, उन्हें 'हविर्याग' कहा जाता है। सोमयाग वसन्त ऋतु में एक दिन का होता है। कभी-कभी पाँच दिन भी लग जाते हैं। यह सोमयज्ञ सात प्रकार के होते हैं—1. अग्निष्टोम, 2. अत्यग्निष्टोम, 3. उक्थ्ययाग, 4. षोडशी याग, 5. वाजपेय याग, 6. अविरात्र याग और 7. अप्तोर्याम याग। इस प्रकार अतिरात्र यज्ञ सोमयज्ञ का एक प्रकार है। यह याग अग्निष्टोम की विशिष्ट कृति ही है। (विकृति याग)।

अथर्वा-ये अथर्ववेद के द्रष्टा ऋषि हैं। इन्हीं के नाम से वेद का नाम अथर्ववेद पड़ा। ये अंगिरा के भाई हैं, ब्रह्मा के मानसपुत्र हैं। अथर्वा ने अंगिरा को ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया था। इन्होंने समुद्र में छिपे अग्नि का पता लगाया था। इनके वंशज आथर्वण कहलाए।

अद्वयानन्द-'अद्वय' का अर्थ है—दो का अभाव। वह अद्वैत जीव-परमात्मा का है। ब्रह्म-जीव-जगत् सबको एक ही तत्त्व मानने वाली शंकर की विचारधारा के अनुसार उस ऐक्य के साक्षात्कार रूप मोक्ष आनन्दस्वरूप है। उसी अद्वैतभाव (परमात्मभाव) को ही परमानन्द, सदानन्द, ब्रह्मानन्द आदि भी कहा जाता है।

अद्वैत-वेदान्त का प्रमुख सिद्धान्त। इसमें केवल ब्रह्म ही सत्य है, जीव ब्रह्मरूप ही है, जगत् मिथ्या है, ऐसा सिद्धान्त है (देखिए, छान्दोग्य. 6.2.1)। शंकराचार्य के केवलाद्वैत के बाद अन्य परवर्ती आचार्यों ने द्वैत, द्वैताद्वैत, विशिष्टाद्वैत, शुद्धाद्वैत, अविभागाद्वैत आदि मत प्रचलित किए।

अद्वैतग्रन्थि-यज्ञोपवीत प्रकरण में इसके स्वरूप के तात्त्विक विवेचन के रूप में इसे 'अद्वैत ग्रन्थि' कहा गया है (पा.ब्र.पू.का. 14)।

अद्वैतशक्ति-महोपनिषद् के अनुसार अद्वैतशक्ति परब्रह्म से सम्बद्ध है। और इसी कारण वह द्वैत-सी दिखाई देती है (देखिए महोपनिषद्, 6.62)।

अधिदेवता-भारत की संस्कृति के अनुसार प्रत्येक ग्राम, स्थान, कुल, वस्तु के अपने-अपने अधिष्ठान के एक-एक देवता होते हैं। जैसे—ग्रामदेवता, स्थानदेवता, कुलदेवता आदि। यद्यपि सभी में एक परब्रह्म की ही सत्ता व्याप्त है, फिर भी परब्रह्म की विविध शक्तिधाराओं को ध्यान में रखकर एक-एक शक्ति को देवता का नाम दिया गया है।

अधिष्ठान-अधिकरण, वासस्थान, स्थिति, मुकाम, आधार, अधिकार आदि इसके पर्याय हैं। इसमें अवस्थित को अधिष्ठेय कहा जाता है, जैसे ब्रह्म अधिष्ठान है और जगत् अधिष्ठेय है।

अधिष्ठाता-अधिकारी, निवासी, स्वामी, अध्यक्ष, मुखिया, नियन्ता, देखभाल करने वाला (देखिए बृहवृच. 6)। अधिदेवता शब्द में इसकी स्पष्टता की गई है। हमारे अर्धनारीश्वर, नीलकण्ठ, पशुपति, प्राणलिंगी, मृत्युंजय, रुद्राक्ष, विरूपाक्ष, शिवशक्ति, सदाशिव आदि शब्दों में यही अर्थ ध्वनित होता है।

अध्यारोप-अपवाद-अवस्तु में वस्तु के आरोप को 'अध्यारोप' कहा जाता है। जैसे—रज्जु में सर्प का आरोप अथवा जैसे ब्रह्म में जगत् का आरोप। इस 'अध्यारोप' का ही दूसरा नाम 'विपर्यय' अथवा 'विपर्यास' है। आचार्य शंकर ने इसे ही 'अध्यास' कहा है। इसी अध्यारोप, विपर्यय, विपर्यास या अध्यास अथवा विपरीत प्रतीति या भ्रम का निराकरण करने वाला उसका विरोधी शब्द 'अपवाद' कहा जाता है।

इस 'अपवाद' शब्द को वेदान्तसार ने इस प्रकार बताया है—"रस्सी में अध्यारोप के कारण जो साँप दिखाई देता है, जो रज्जु का विवर्त सर्पाभास दिखाई देता है, उसे दूर करके केवल अपने मूल स्वरूप को दिखाने वाले ज्ञान को अपवाद कहा जाता है।" इस प्रकार 'अध्यारोप' और 'अपवाद' दोनों शब्दों को एक साथ समझना चाहिए।

अध्वर्यु-उद्गाता-यज्ञ कराने वाले ब्राह्मणों (ऋत्विजों) में एक 'अध्वर्यु' नाम का 'ऋत्विज्' ब्राह्मण होता है। यज्ञ कराने वाले ब्राह्मणों की संख्या सामान्यतया सोलह होती है और प्रत्येक के अपने-अपने नाम और कार्य होते हैं। ब्रह्मा, ब्राह्मणाच्छंसी, आग्नीध, पोता आदि जैसे ये

सोलह नाम हैं। परन्तु इनकी मुख्य संख्या चार ही है। होता ऋचागान करता है, अध्वर्यु यज्ञविधि करता है, व्यवस्था करता है और होता को प्रोत्साहित करता है और उद्गाता सामवेद के मंत्रों का गान करके प्रार्थना करता है।

अनन्त–व्यापक, विराट् सृष्टि की रचना करने वाले परमात्मा को अनन्त कहा गया है। यह समस्त सृष्टि अन्तहीन, अपरिमित और अप्रमेय है; इसका कर्ता भी वैसा ही है। (अथर्वशिर. 48), (बह्वृच. 4.1.5 आदि)।

अनासक्त–जिसे किसी विषय या वस्तु के प्रति लगाव का अत्यन्त अभाव हो, उसे अनासक्त कहते हैं। ऐसे आसक्ति से (लगाव से) रहित मनुष्य को असंग भी कहा जाता है। विषय या वस्तु के प्रति अत्यधिक अनुरक्ति ही आसक्ति है और उस आसक्ति का अभाव ही अनासक्ति है। आसक्ति वाले मनुष्य को 'आसक्त' और अनासक्ति वाले को 'अनासक्त' कहा जाता है। उपनिषदों में मुमुक्षु साधकों को संसार में अनासक्त रहने का निर्देश दिया गया है। (देखिए महोपनिषद्, 2.43)।

अनास्था–'आस्था' का अर्थ श्रद्धा और 'अनास्था' का अर्थ श्रद्धा का अभाव होता है। अनास्था के और भी अर्थ—अनादर, अपमान, उपेक्षा, बेइज्जती, सम्मान का न होना आदि भी होते हैं। ईश्वर, धर्म, कर्मफल आदि में विश्वास उठ जाने को 'अनास्था संकट' नाम दिया जाता है। आजकल यदि उन पर आस्था होती भी है तो अपनी किसी कामना की पूर्ति करने की शर्तयुक्त व्यापारी वाली आस्था होती है। अक्ष्युपनिषद् में आस्था की स्वार्थी विकृतियों को दूर करने के अर्थ में 'अनास्था' शब्द का विशेष प्रयोग किया गया है। (देखिए अक्ष्युपनिषद्, 23-25)।

अनाहतनाद–जो शब्द बिना आघात से, बिना धक्के से अपने आप उत्पन्न होता हो उसे अनाहत (अन् + आहत) नाद कहते हैं। योगीजन अपने दोनों कानों में अँगुलियाँ डालकर इसे सुनते हैं। प्रणवध्वनि या ॐकार ध्वनि या सोऽहं की ध्वनि ही अनाहत या अनहद नाद कहलाती है। तन्त्रशास्त्र में ऐसा कहा गया है कि हृदयस्थित सुषुम्ना के बीच द्वादशदल कमल में स्थित शब्द ब्रह्ममय है। वही अनाहत है। हठयोगानुसार हठयोग से जब कुण्डलिनी जाग्रत् होती है, तब वह ऊर्ध्वमुखी होती है, और तब बिना किसी आघात से उसमें जो एक विस्फोट होता है, वही 'अनाहतनाद' है। किसी शंखध्वनि या भ्रमरगुंजन जैसा उसका अनुभव होता है। इस प्रकार अनाहतनाद के कई अर्थ मिलते हैं।

अनियामकत्व–यह शब्द उपनिषदों में अनेक बार प्रयुक्त हुआ है। जो किसी को वश में (नियम में या नियन्त्रण में) रखने का गुण न रखता हो, उसे अनियामक कहते हैं और उसका भाव ही 'अनियामकत्व' कहा जाता है। निर्वाणोपनिषद् में परमहंस की स्थिति बतलाते हुए उपनिषत्कार कहते हैं कि—'अनियामकत्व' ही उस (परमहंस) की निर्मल शक्ति होती है। परमहंस लोग मायातीत हो जाने के कारण तथा सर्वसाक्षिता प्राप्त करने के कारण अनियामकत्व गुण से ओतप्रोत होते हैं, अर्थात् वे किसी के द्वारा नियंत्रित नहीं होते। वे किसी को नियंत्रित भी नहीं करते। वे साक्षिभाव से युक्त होते हैं। (देखिए—निर्वाण. 52 की टीका)।

अनुपवीत-उपवीत-उपनयन–ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य जाति के लोगों के लिए किया जाने वाला यह एक महत्त्वपूर्ण संस्कार है। वह संस्कार नया जन्म एवं नयी जीवनरीति को जन्म देता है इसलिए उपनयन, उपवीत या यज्ञोपवीत धारण करके इन तीनों वर्णों के लोग 'द्विज' (दूसरा जन्म लेने वाले) कहे जाते हैं। वह दूसरा जन्म त्यागपूर्ण यज्ञीय और उपासनायुक्त जीवन है। तीनों वर्णों के लोगों के लिए गायत्री की उपासना का विधान किया गया है। इनमें जो यज्ञोपवीत (उपवीत, जनेऊ का धागा) प्रतीक रूप से विधिपूर्वक धारण नहीं करता उसे 'अनुपवीत' कहा जाता है। वह उपवीत संस्कार से वंचित हो जाने से अमुक यज्ञीय अधिकार को खो देता है।

अथर्वशिर उपनिषद् में कहा गया है कि इस उपनिषद् का पाठ करने वाला अनुपवीत हो तो भी उपवीतधारी हो जाता है (अथर्व. 9)।

अनुयाज-प्रयाज–यद्यपि याग, याज और यज्ञ—ये तीनों समानार्थी शब्द हैं, पर जब कोई बड़ा याज (यज्ञ) किया जाता है, तब उसके तीन भाग किए जाते हैं, यथा—उस बड़े याज की पूर्व तैयारियों की विधियों को 'प्रयाज' की संज्ञा दी गई है, मध्य की मुख्य विधियों को 'याज' की संज्ञा दी गई है, और अन्तिम विधियों को 'अनुयाज' कहा गया है। (देखिए ऐतरेय ब्राह्मण, 2.18, निरुक्त 8.11, प्राणाग्निहोत्रोपनिषद् 21 और 22)।

अनुष्टुप्-त्रिष्टुप्–ये दोनों वैदिक छन्द हैं। महर्षि कात्यायन ने सर्वानुक्रमणी में सात वैदिक छन्दों का उल्लेख किया है। वे हैं—गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप् और जगती। अनुष्टुप् छन्द में आठ-आठ अक्षर के चार चरण होते हैं। (अनुष्टुप् के महत्त्व के लिए देखिए विष्णुपुराण, 1.5.45 और ऋग्वेद, 10.130.4)।

अन्तःकरणचतुष्टय और इन्द्रियाँ–शरीरावयव जिस शक्ति से कार्य करते हैं, उसे इन्द्रियशक्ति कहते हैं। ये इन्द्रियाँ जीवात्मा के कर्तृत्व-भोक्तृत्व के साधन (करण) हैं। ये इन्द्रियाँ दो प्रकार की होती हैं—1. ब्राह्य इन्द्रियाँ और अन्तरिन्द्रिय। अन्तरिन्द्रिय शरीर के भीतर सक्रिय होती है। इसकी संख्या चार है—मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। एक ही अन्तःकरण के ये चार भाग हैं—संकल्पविकल्पात्मक मन, निश्चयात्मक बुद्धि, अभीष्टचिन्तनात्मक चित्त और अहंभावनात्मक अहंकार।

बहिरिन्द्रियों का स्वरूप बाहर से प्रकट होता है। वे ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों के भेद से दो प्रकार की हैं। **ज्ञानेन्द्रियाँ**—श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, घ्राण और जिह्वा—ये पाँच हैं, और **कर्मेन्द्रियाँ**—वाणी, हाथ, पैर, गुदा और उपस्थ—ये पाँच हैं। मन को उभयेन्द्रिय कहा गया है। इस प्रकार कुल ग्यारह इन्द्रियाँ होती हैं।

अन्तर्दृष्टि-अन्तर्मुखी वृत्ति–मनुष्य को कार्यप्रेरित करने वाली दो प्रकार की वृत्तियाँ हैं, उनमें एक अन्तर्दृष्टि या अन्तर्मुखी दृष्टि है। इसे अन्तर्दृष्टि भी कहते हैं। उसे अपनाकर साधक अपने को निर्विकार आत्मतत्त्व जानकर शरीर को वस्त्रमात्र मानता है, और लोक व्यवहार में जलकमलवत् निर्लेप (असंग) रहता है (गीता, 5.10 एवं 5.24, अद्वयतारक. 2 और रुद्रोपनिषद् 1) तथा इससे बिल्कुल विपरीत वृत्ति ही **'बहिर्वृत्ति'** कही जाती है।

अन्तर्मुख-बहिर्मुख–आन्तरिक वृत्ति वाले साधक को अर्थात् अन्तःकरण की ओर झुकने वाली वृत्ति वाले को अथवा भीतर की भावनाओं और विचारों में तल्लीन रहने वाले को अन्तर्मुख या आत्मरत कहा जाता है। ऐसा अन्तर्मुख पुरुष अपनी इन्द्रियों और मन को बलपूर्वक आन्तरिक उत्थान में नियोजित करके आत्मशक्ति का संचय और आत्मोत्कर्ष करता है। जब कि बहिर्मुख व्यक्ति अपनी इन्द्रियों को शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धादि विषयों में लगाता हुआ आन्तरिक शक्ति को खोता रहता है (देखिए अक्षिको. 2.36, अ.पू. 1.34)।

अन्तर्यामी-साक्षी–व्यापक परमात्मा का यह एक अन्वर्थक विशेषण है। यह व्यापक परमात्मा सभी पदार्थों में अनुस्यूत और व्याप्त होने के कारण वह सब कुछ देख-सुन-जान सकता है। ऐसे सभी के अन्तस् (भीतर) में रहने वाले चैतन्यरूप आत्मा को अन्तर्यामी, कूटस्थ, साक्षी, क्षेत्रज्ञ आदि कहा जाता है। वह जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति—तीनों अवस्थाओं में तथा उत्पत्ति-स्थिति-लय में भी रहने वाला, जानने वाला, नित्य, साक्षी, चैतन्य है, उसे ही 'तुरीय चैतन्य' कहते हैं। (देखिए सर्वसारोप. 4,9 और 11 तथा महो. 1.51)।

अपरा-पराविद्या–'परा' शब्द का अर्थ है—परम उत्तम, सबसे परे जो है वह। इससे जो अलग है वह 'अपरा' = सामान्य है। उपनिषदों में इस तरह दो प्रकार की विद्याएँ बताई गई हैं। जो सब

से परे की (आत्मतत्त्व की) उपनिषदों के द्वारा जानी जाती है वह 'पराविद्या' है, और जो ऋक्-यजु आदि वेदों के द्वारा जानी जाने वाली अन्य विद्या है, वह 'अपराविद्या' है। (देखिए मुण्डकोपनिषद्, 1.1.4-5)।

अपरा-पराशक्ति–'परा' का अर्थ सबसे परे (उत्तम) अर्थात् चैतन्य है, और 'अपरा' का अर्थ इसके विपरीत जड़ लिया जाता है। परमात्मा इन्हीं चित् और अचित् (परा-अपरा) दो शक्तियों से जगत् का निर्माण करता है। अपरा शक्ति अचित् शक्ति (जड शक्ति) है, और परा शक्ति चित् शक्ति (चैतन्य शक्ति) है। गीता में अपरा शक्ति = प्रकृति को अष्टधा कहा है, और चेतन प्रकृति को पराशक्ति कहा है (7.4), सांख्य में पुरुष को 'पर' और प्रकृति को 'अपर' कहा गया है (श्वेताश्वतर. 1.8, 4.10, बहवृच. 1.2, 1.3)।

अपरिग्रह–अनिवार्य वस्तु से अधिक का परित्याग करना 'अपरिग्रह' कहलाता है। अपरिग्रह की गणना योगदर्शन के पाँच यमों (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह) में होती है। जैनदर्शन के अनुसार मोहत्याग और विषय-वस्तुओं के परित्याग को 'अपरिग्रह' माना गया है। अपरिग्रह की फलश्रुति पातंजलयोगदर्शन (2.39) में कही गई है। 'अपरिग्रह' का व्रत धारण करने वाले को 'अपरिग्रही' कहा गया है।

अपान (पंच प्राण)–पाँच प्राणों में से अपान एक है। पाँच प्राण—प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान—ये हैं। अपानवायु मलादि को निकाल-कर जीवन देता है। इसकी उपस्थिति गुदा और उपस्थ में होती है। नाभि के नीचे की ओर जाना उसका स्वभाव है (देखिए—योगसूत्र, 3.39)। योगसम्बन्धी उपनिषदों में इन पाँचों प्राणों के बारे में बार-बार कहा गया है।

अप्सरा–'अप्' का अर्थ जल है और वास्तव में उस अप् (जल) में उत्पन्न होने वाली औषधियों का ही 'अप्सरा' शब्द से व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ निकलता है। माना जा सकता है कि प्रथमत: वनस्पतियाँ (औषधियाँ) ही प्राणदायिनी, जीवनदायिनी, सुविधादायिनी रही होंगी और बाद में उसी शब्द का अर्थ विस्तार (तेल शब्द की तरह) सुन्दरियों तक में हो गया। यह शब्द कठोपनिषद् में आया है। यमराज ने नचिकेता को अध्यात्म विद्या के बदले अप्सराएँ आदि देने का प्रलोभन दिया, पर नचिकेता टस से मस न हुआ। देवराज इन्द्र भी अपनी रम्भा, उर्वशी आदि अप्सराओं के द्वारा यतियों के तपोभंग करते हैं, ऐसी कथाएँ भी मिलती है।

अभ्युदय-नि:श्रेयस–'अभ्युदय' का अर्थ सांसारिक (भौतिक) उन्नति होता है और 'नि:श्रेयस' का अर्थ आध्यात्मिक उन्नति (परम कल्याण) होता है। ये दोनों जिसके द्वारा सिद्ध हों, उसे ही कणाद मुनि 'धर्म' कहते हैं। अभ्युदय अपरा विद्या है और नि:श्रेयस परा विद्या है। उपनिषद् कहती है कि मनुष्यों को ये दोनों परा (नि:श्रेयस) और अपरा (अभ्युदय) विद्याएँ जाननी चाहिए। जो पूर्ण मानवता (मानव्य) सिद्ध कर सके वही धर्म अर्थात् वही सही जीवनधारक तत्त्व है, ऐसा ऋषियों ने माना है।

अमनस्क (उन्मनी स्थिति)–यह योग की एक उच्चतम स्थिति है। इस अवस्था में मन में संकल्प-विकल्पादि की उपस्थिति ही नहीं रहती। इसे 'मनोनाश' या 'उन्मनी स्थिति' कहते हैं। मण्डलब्राह्मणोपनिषद् (3.2.4) की टीका में इसका वर्णन है। इस स्थिति को प्राप्त हुए योगी को बाह्य पूजा, उपासना आदि की कोई आवश्यकता ही नहीं रहती। यही निर्विचारता, इच्छादिराहित्य, मनोराहित्य आदि नामों से कही जाती है। (अधिक जानकारी के लिए देखिए मण्डलब्राह्मणोपनिषद् 2.2.4)।

अमानित्व-निरहंकारिता–साधना में इस गुण का बड़ा महत्त्व है। एक तरह से इसे लज्जाशीलता भी कहा जाता है। निरहंकारिता और दंभशून्यता भी इसी के नामान्तर हैं। ऐसे गुण वाला व्यक्ति सबके हृदय में अपना स्थान जमा सकता है। वह अपनी नम्रता से कठोरतम व्यक्ति से भी काम निकाल सकता है। इस शालीनता का कोई मूल्य

नहीं है, फिर भी इससे सब कुछ खरीदा जा सकता है। इसकी महिमा नारदपरिव्राजकोपनिषद् (3.90) में गाई गई है।

अमृत-मृत्यु–ईशावास्योपनिषद् में कहा है कि—"अविद्या से मृत्यु को पार कर विद्या से मनुष्य अमृत को भोगता है। मृत्यु और जन्म जगत् का अटल नियम है। इस जन्म-मरण के फेरे से छुटकारा पाने के लिए बार-बार प्रार्थनाएँ की गई हैं, पर वह कैसे हो सकता है ? तो कहते हैं कि मृत्यु के रहस्य को अविद्या द्वारा जाना जा सकता है। अविद्या से मृत्यु को पार किया जा सकता है। वह अविद्या क्या है ? गीता में वेदों को अविद्यात्मक कहा गया है—'त्रैगुण्यविषया वेदा:'। उन वेदोंरूपी अविद्या से जागतिक मोह-रूपी अविद्या को दूर करके अर्जुन को निस्त्रैगुण्य अमृत का उपभोग करने को कहा गया है। जिस तरह एक काँटे को निकालने के लिए दूसरे काँटे का उपयोग किया जाता है और काँटा निकल जाने के बाद दोनों काँटे फेंक दिए जाते हैं उसी प्रकार वेदों के उपदेशों से मृत्युरूपी काँटे को निकाल कर, फिर दोनों काँटे फेंककर अमरता को अर्थात् मोक्ष के आनन्द को भोगना चाहिए। 'मृत्योर्मा अमृतं गमय' आदि अनेक औपनिषदिक वाक्य यही सीख दे रहे हैं। (देखिए जैमिनि. 9.25.10, कठोपनिषद्. 2.1.2, 2.3.14-15, गीता 2.15, 2.27 आदि)।

अवधारणा–मन में किसी विषय के प्रति विचार, कल्पना, धारणा का उदय होने या स्थिर होने के सन्दर्भ में प्राय: 'अवधारणा' शब्द का प्रयोग किया जाता है। तथ्य निश्चय या तथ्यपुष्टि को भी अवधारणा कहते हैं। उपनिषदों में चार अन्त:करणों के नियमों के सन्दर्भ में इस शब्द का प्रयोग है। शारीरकोपनिषद् में संकल्प-विकल्प को मन का, निश्चय को बुद्धि का, स्मरणादि अनुसन्धान को चित्त का और कर्तृत्वाभिमान को अहंकार का विषय माना है। इनमें 'निश्चय' ही अवधारणा है, जो बुद्धि का विषय है (शारीर-कोपनिषद् 4)।

अवधूत–हमारे ब्रह्मचर्यादि चार आश्रमों में अन्त्य आश्रम संन्यासाश्रम है। इसे प्रव्रज्या भी कहते हैं। क्योंकि संन्यासी आत्मकल्याण और जगत् के हित के लिए परिव्राजक (भ्रमणशील) ही रहता है। संन्यासी समस्त इन्द्रियों पर जय प्राप्त करने वाला होता है। (संन्यासी के जीवन के लिए देखिए—शाकटायनी उपनिषद् 6, 7 और 8)। संन्यासी पंच मात्राओं को—त्रिदण्ड, उपवीत, कौपीन, छीका और पवित्री को ही धारण करता है। संन्यासोपनिषद् में संन्यासी के छ: प्रकार बताए गए हैं। उनमें से एक 'अवधूत' भी है (संन्यास. 2.3)। अवधूतोपनिषद् के मन्त्र दो में अवधूत की परिभाषा करते हुए कहा है कि संसार-बन्धन से मुक्त, अविनाशी, वरेण्य तथा महावाक्यों के लक्ष्यार्थभूत व्यक्ति को 'अवधूत' कहा जाता है। संन्यासोपनिषत् (2.27-30) में कहा गया है कि अवधूत अनियमवाला होता है। उसके लिए कोई नियम नहीं है। पतित और निन्दित को छोड़कर कहीं से भी अजगरवृत्ति से वह भोजन करता है, सदा आत्मानुसन्धान में लीन रहता है। संन्यासी के अन्य भेद इस प्रकार हैं; यथा—

कुटीचक–(या कुटीचर) शिखा एवं यज्ञोपवीत धारण करता है। दण्ड, कमण्डलु, लंगोटी, चादर और गुदड़ी रखता है। माता-पिता-गुरु की आज्ञा में रहता है। बटलोई, फावड़ा और छींका धारण करते हुए मन्त्रसाधनपरायण होकर एक ही स्थान पर रहता है, श्वेत ऊर्ध्वमुखी त्रिपुण्ड्र धारण करता है, और तीन दण्ड रखता है। (देखिए संन्यासोपनिषद् 2.24)।

बहूदक–शिखा, कन्था, त्रिपुण्ड्र आदि धारण करके कुटीचक के समान होता है। वह माधुकरी से जीवन-निर्वाह करता है, और केवल आठ ग्रास ही भोजन करता है (संन्यासोप. 2.25)।

हंस–हंस प्रकृति वाला संन्यासी जटा एवं त्रिपुण्ड्रधारी, ऊर्ध्वपुण्ड्रधारी, अनिश्चित स्थान पर भिक्षा माँगकर आजीविका चलाने वाला और केवल कौपीन पहनने वाला होता है (संन्यासोप. 2.26)।

परमहंस–यह शिखा-उपवीत कुछ नहीं रखता। केवल पाँच घरों से भिक्षा माँगकर आजीविका चलाता है। कौपीन, चादर और दण्ड ही अपने पास रखता है। वह सर्वत्यागी भिक्षु है। वही सच्चा भिक्षु है, अन्य नहीं (परमहंसोपनिषत् 4)।

तुरीयातीत–वह गोमुखवृत्ति से केवल तीन घरों में ही भिक्षा माँगता है। वह अपने आपको केवल चैतन्य ही मानता है।

इनके अतिरिक्त छठा **अवधूत** है। इस प्रकार संन्यासियों के छः भेद होते हैं। संन्यासोपनिषद् में इनके अन्य भेद भी (कर्मसंन्यासी, वैराग्य-संन्यासी, ज्ञानसंन्यासी आदि अनेक भेद किए गए हैं। देखिए—संन्यासोपनिषद् 2.20, 2.21, 2.22 आदि।

अविमुक्त–इसका शाब्दिक अर्थ—'जो मुक्त नहीं है वह'—ऐसा होता है, किन्तु जाबालोपनिषद् के अनुसार वह **'ब्रह्म का स्थान'** है। (जाबालोपनिषत् 1.1)। मूर्धा (ब्रह्मरन्ध्र) और चिबुक के बीच के स्थान को भी 'अविमुक्त' कहा जाता है। भौंहों और घ्राण के मध्य भाग को भी कहीं-कहीं 'अविमुक्त' कहा गया है। काशीक्षेत्र को भी 'अविमुक्त क्षेत्र' कहा गया है (स्कन्दपुराण)। कुछ लोग काशी के निकट पाँच कोस की दूरी को भी 'अविमुक्त' कहते हैं।

अवेदन (और) **असंसक्ति**–अक्ष्युपनिषत् और महोपनिषत् में बताई हुई सात योग भूमिकाओं में से असंसक्ति **'असंगता'** भी एक है। असंसर्ग भी उसी का पर्याय है। महोपनिषद् के अनुसार पहली **'शुभेच्छा'** भूमिका में सांसारिक मायाजाल के प्रति ग्लानि और शास्त्रोक्त सत्कर्मों की इच्छा होती है। दूसरी 'विचारणा' भूमिका में शास्त्राध्ययनजनित वैराग्य से श्रेष्ठ आचरण की प्रवृत्ति होती है। तीसरी 'तनुमानसी' भूमिका में प्रबल वैराग्य होता है। चौथी 'सत्त्वापत्ति' भूमिका में चित्त शुद्ध सत्त्वस्वरूप में स्थिर होता है। इन भूमिकाओं के अभ्यास से पाँचवीं **'असंसक्ति' (असंग – अनासक्ति)** सिद्ध होती है। पाँचों भूमिकाओं के सतत अभ्यास से **'पदार्थ भावना'** नाम की छठी भूमिका उदित होती है, जिसमें आत्मातिरिक्त कुछ है ही नहीं, ऐसी भावना हो जाती है और अन्तिम भूमिका **'तुर्यगा'** है। वह जीवन्मुक्त की दशा है। बाद में तुर्यगातीत अवस्था विदेहमुक्त की अवस्था है।

अक्ष्युपनिषद् में सात भूमिकाएँ बताई हैं, परन्तु महोपनिषद् में बताई गई भूमिकाओं से इसमें अन्तर है। इसके अनुसार—अवेदन, विचार, असंसर्ग, स्वप्न, सुषुप्तपद, तुर्या और विदेहमुक्ति—ये सात योग-भूमिकाएँ हैं। इसके अनुसार योग की प्रारम्भिक अवस्था को ही 'अवेदन' कहा गया है। इस अवेदन की अवस्था में साधक दिन-प्रतिदिन धीरे-धीरे वासनात्मक विचारों से दूर होता जाता है और हमेशा पारमार्थिक कार्यों में संलग्न होकर आनन्द में रहता है और किसी भी अश्लील चेष्टा से घृणा करता है। वह भयभीत होकर भोगेच्छा का त्याग कर देता है। वह सबके प्रति मधुर व्यवहार करता है। स्वाध्याय-सत्संग के द्वारा मोक्ष की आकांक्षा करता रहता है, इसी भूमिका को अवेदन अवस्था अथवा भूमिका कहा गया है। अक्ष्युपनिषत् के अनुसार दूसरी 'विचार' भूमिका वाला साधक विद्वज्जनों का आश्रय लेता है। गुरुजनों के सान्निध्य से वह शास्त्रों के मर्म को पकड़ लेता है। तीसरी 'असंसर्ग' भूमिका वाला साधक शास्त्रों में अपनी बुद्धि को स्थिर करके तपस्वियों के आश्रमों में निवास करता है और सहज भाव से भूमिशयनादि कठोर व्रतों को धारण करता है। यह असंसर्ग भूमिका दो प्रकार की है—एक सामान्य और दूसरी श्रेष्ठ। सामान्य भूमिका वाला साधक सब कुछ ईश्वराधीन ही है, ऐसा मानकर अनासक्त रहता है और श्रेष्ठ भूमिका वाला साधक स्वयं को अकर्त्ता मानता है तथा ईश्वर या पूर्वकृत कर्मों को ही कर्ता मानकर शब्द-अर्थ-भावहीन होते हुए मौन हो जाता है (अक्षि. 2.25-26)। उसका द्वैतभाव अद्वैतभाव में समाप्त हो जाता है। वह विकल्पशून्य आनन्दप्रद अवस्था को प्राप्त कर लेता है। चौथा 'स्वप्न' भूमिका को प्राप्त करके जगत् को स्वप्न की तरह देखने लगता है। इसके बाद, **'सुषुप्तपद'** नाम की छठी भूमिका में प्रवेश करके साधक सद्-असद्, अहंकार-अनहंकार—सबसे परे अद्वैत स्थिति में आ जाता है। सातवीं भूमिका **'विदेहमुक्ति'** की स्थिति है। इसमें समस्त प्रारब्ध और समस्त देह समाप्त हो जाते हैं। इसमें साधक ब्रह्मभूत, ब्रह्मानन्दमय हो जाता है (तेजोबिन्दूपनिषत्, 4.33 तथा अक्ष्युपनिषद् 2.40-48)। इस प्रकार महोपनिषद् और अक्ष्युपनिषद्—दोनों में योग की सात भूमिकाएँ अलग-अलग रूप में बताई गई हैं। हमारे अपेक्षित पारिभाषिक शब्द—**अवेदन, असंसक्ति, असंसर्ग अवेदन** आदि का क्या अर्थ और क्या स्थान है, वह उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट हो जाएगा। साथ ही साथ दोनों उपनिषदों की सात भूमिकाओं की अलग पारिभाषिक संज्ञाओं के अर्थ और स्थान भी मालूम हो जाएँगे।

अश्व–पशुओं में पराक्रमी, बलिष्ठ, गतिमान पशु अश्व है। इसी के पर्यायवाची **अर्वन्, अर्वा, हय, वाजि** आदि शब्द उपनिषदों में प्रयुक्त हुए हैं। अश्व ही शक्ति, पराक्रम, गतिशीलता आदि का प्रतीक माना गया है। देखिए तैत्ति.आ. 3.8.7.1, ऐत.ब्रा. 5.1, शतपथब्राह्मण 3.6.2.5, गोपथ-ब्राह्मण 2.4.11 आदि। बृहदारण्यक उपनिषद् (1.1.1) में तो विराट् यज्ञ की कल्पना करके अश्व को उसका मस्तक स्थानीय बताया गया है। और भी बृहदारण्यक उपनिषद् (1.1.2) में और कठोपनिषद् में रूपकों के द्वारा अश्व की वेगशीलता और बलिष्ठता को बतलाया गया है।

अश्वमेध–प्राचीनकाल में राजनैतिक एकता स्थापित करने के लिए यह वैदिक यज्ञ किया जाता था। तात्त्विक दृष्टि से इसका उद्देश्य अश्व = पराक्रम के साथ मेधा = बुद्धि को जोड़ने से राष्ट्र की अभीष्ट उन्नति को प्राप्त करने का था। चक्रवर्ती राजा ही यह यज्ञ कर सकता था। इसमें पहले अश्व को छोड़कर विशिष्ट यज्ञानुष्ठान प्रारम्भ किया जाता था और छोड़े हुए अश्व के द्वारा अश्वमेधकर्ता के आधिपत्य की स्वीकृति माँगी जाती थी। विचरण करते अश्व को बाँधने वाले के साथ युद्ध करके तथा उसे जीतकर अपने आधिपत्य की स्वीकृति उससे करवायी जाती था। अश्वमेध को सब यज्ञों का राजा कहा जाता था (शतपथब्राह्मण, 13.2.2.1)। अश्वमेध सम्पूर्ण राष्ट्र के हित के लिए—राष्ट्र के पराक्रम, मेधा, सम्पदा और राष्ट्रियता के विकास एवं विस्तार के लिए ही किया जाता है। इस सन्दर्भ में तैत.आ. में कहा है कि, 'राष्ट्रं वा अश्वमेधः' (3.8.9.4) बृहदारण्यकोपनिषद् (1.2.7) में भी सूर्य को अश्वमेध की उपमा दी गई है।

अष्टग्रह–सामान्यतः नवग्रह माने जाते हैं। बाद में हुई खोजों के अनुसार ग्रहों की संख्या बारह मानी गई है, किन्तु यहाँ उपनिषदों में 'ग्रह' का अर्थ अलग ही है। आध्यात्मिक सन्दर्भ में 'ग्रह' शब्द का अर्थ भिन्न है। अथर्वशिर उपनिषद् में देवों ने रुद्र की स्तुति करते हुए उन्हें 'अष्टग्रह' कहा है (अथर्वशिर 4)। बृहदारण्यक उप. (3.2.1) में प्राण, वाक्, जिह्वा, चक्षु, श्रोत्र, मन, हस्त और त्वचा को अष्टग्रह कहा गया है और इन आठ ग्रहों के विषयों को वहाँ अतिग्रह कहा गया है। अर्थात् पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, एक कर्मेन्द्रिय, मन और प्राण—ये अष्टग्रह हैं और उनके विषय अतिग्रह हैं। जैसे प्राण का अतिग्रह अपान है और अपान अतिग्रह द्वारा गृहीत है। इसी से प्राणग्रह गन्धों को सूँघने का कार्य सम्पन्न करता है (बृह. 3.2.3)। वाक् ग्रह है, नाम अतिग्रह है, नाम से वाक् गृहीत है, अतः वाणी से उच्चारण होता है। इस तरह सभी (आठ) ग्रहों और अतिग्रहों को भी समझना चाहिए।

अष्टदल कमल–शरीरस्थ चक्रों का उपनिषदों में आलंकारिक वर्णन है। जैसे कुण्डलिनी को सर्पिणी, सहस्रारचक्र-स्थान को क्षीरसागर आदि। इसी तरह अनाहतचक्र को 'अष्टदल-कमल' अथवा 'हृदयकमल' कहा जाता है। इसी का एक और नाम **'ब्रह्मपुर'** भी है। इसी को क्षुरिकोपनिषत्कार ने प्रत्याहार प्रकरण में

हृदयस्थित रक्तोत्पल जैसे प्रतीत होने वाले को 'दहरपुण्डरीक' भी कहा है (क्षुरिको. 10)। इसे 'अनाहत चक्र' भी कहा जाता है। इसकी साधना की फलश्रुति शिवसारतन्त्र में इन्द्रियस्वामित्व और वाक्पतित्वादि की प्राप्तिरूप बताई गई है।

अष्टांगयोग–चित्रवृत्ति के निरोध के लिए योग दर्शन में बताए गए आठ उपायों को अंग कहा गया है। इन आठ अंगों से युक्त योग को अष्टांग योग कहा जाता है। इन आठ अंगों में पाँच बहिरंग हैं—यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार तथा तीन अन्तरंग हैं—धारणा, ध्यान और समाधि। इन्हीं को अष्टांग योग कहते हैं। ये अंग निम्नवत् हैं—

यम–मन और इन्द्रियों को विषयों की ओर जाने से रोकना 'यम' है। वह पाँच प्रकार का है—सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

नियम–काम्य कर्मों से हटाकर निष्काम कर्म में बाँधने वाले कार्य। 'नियम' पाँच प्रकार के हैं—शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान।

आसन–शरीर को स्थिर और सुखपूर्वक रखने वाली शरीरस्थिति। आसन की सिद्धिवाला पुरुष शीतोष्णादि द्वन्द्व सहन कर सकता है।

प्राणायाम–प्राणों को वश में करना 'प्राणायाम' है। प्राणों को वश में करने वाला व्यक्ति अपने मन, इन्द्रियों तथा शरीर का शासक हो जाता है। प्राणायाम के तीन भेद है—रेचक, पूरक और कुम्भक।

प्रत्याहार–चित्त को अनात्म पदार्थों से हटाकर आत्मा में लगाए रहना 'प्रत्याहार' कहलाता है।

धारणा–चित्तवृत्तियों को चारों ओर से हटाकर एक स्थान (विषय) पर लगाना 'धारणा' है। योगसूत्रानुसार चित्त को एक स्थान या विषय पर दृढ़ करना धारणा है (यो.द. 3.3)।

ध्यान–किसी एक विषय पर चित्त की निरन्तर स्थिरता को ध्यान कहा जाता है (मैत्रे. 2.3)। मन की सर्वविकार मुक्ति 'ध्यान' है।

समाधि–यह ध्यान की पराकाष्ठा है। इससे कैवल्यपद (मोक्ष) की प्राप्ति होती है। इसके भी भेद योगशास्त्र में किए गए है।

असंभूति-संभूति–ईशावस्योपनिषद् में 'संभूति' और 'असंभूति' इन दोनों शब्दों का प्रयोग हुआ है। शंकराचार्य ने अपने भाष्य में संभूति का अर्थ 'कार्यरूप जगत्' और 'असंभूति' का अर्थ 'कारणरूप प्रकृति' ऐसा किया है। अर्थात् कार्य-ब्रह्म संभूति है और अव्याकृत कारणरूप प्रकृति 'असंभूति' है। पिण्डरूप में भी दृश्यमान शरीर संभूति और अदृश्य कारण असंभूति है। यही एक तरह से समन्वयवादी दृष्टिकोण है। आगे के चौदहवें मन्त्र में कहा है कि, जो मनुष्य संभूति (दृश्यमान जगत्) और विनाश = विगतनाश (नाशरहित प्रकृति) को साथ-साथ जानता है, वह विनाश (नाशरहित) प्रकृति से मृत्यु को पार करके संभूति (दृश्यमान जगत्) से अमरत्व को प्राप्त करता है। केवल संभूति (दृश्यमान जगत्) की अथवा केवल असंभूति (मूलकारण) की उपासना करने वाला तो घोर अन्धकार में पड़ने के कारण कल्याण प्राप्त नहीं कर सकता। अर्थात् एकांगी दृष्टिकोण भयानक है, समन्वय-कारी दृष्टिकोण ही उत्तम है।

असुर-राक्षस–शास्त्रों ने जैसे मनुष्यों को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद जैसी पाँच श्रेणियों में बाँटा है, वैसे ही सूक्ष्म (अन्तरिक्ष) लोक के वासियों को भी गन्धर्व, पितर, देवगण, असुर और राक्षस जैसी पाँच श्रेणियों में बाँटा है (देखिए—निरुक्त 3.8)। असुरों को दैत्यों और दानवों की श्रेणी में गिना जाता है। वे पवित्र कार्यों में विघ्नकर्त्ता और कुमार्गगामी माने जाते हैं। उन्हें कुबेर के धनकोश का रक्षक भी माना गया है। उनकी उत्पत्ति के बारे में देखिए, बृहदारण्यकोपनिषत् (5.2.1)।

असूया–अध्यात्म-पथ पर जाने वाले साधक के मन में प्राय: अनेकानेक प्रकार के विकार उत्पन्न हुआ करते हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि ऐसे ही विकार हैं। इन पर विजय प्राप्त करके ही

साधक अपना लक्ष्य सिद्ध कर सकता है। 'असूया' भी ऐसा ही एक विकार है। किसी के गुणों में भी दोषों को देखने की प्रवृत्ति 'असूया' है। इसका अपर नाम 'ईर्ष्या' है। (देखिए—वात्स्यायन. 4.1.3; अमरकोशकार भी ऐसा ही कहते हैं।

आ

आकाश–जिस अवकाश (खाली स्थान) में पूरा विश्व समा जाता है, उसे आकाश कहते हैं। पाँच महाभूतों में से वह एक है। 'शब्द' उसका गुण है। बड़े आकाश के और स्वर्गलोक के बीच के भाग को अन्तरिक्ष कहते हैं। द्यौ:, द्यु, अभ्र, व्योम, पुष्कर, अम्बर, नभ, गगन, अनन्त, स्वर्ग, खं आदि आकाश के पर्यायवाची शब्द हैं। आकाश-पाताल में सात-सात लोकों का उल्लेख उपनिषदों में मिलता है। बृहदारण्यक उपनिषत् में याज्ञवल्क्य ने गार्गी को आकाश का विस्तार बताया है (बृहदारण्यक उप. 3.8.4), तैत्तिरीयोपनिषद् में भी आकाश को सर्वरूप कहा गया है। (तै. 3.10.3)।

आग्नेय–आग्नेय शब्द विशेषण है। अग्नि में दी जाने वाली पुरोडाशयुक्त आहुतियों को 'आग्नेय' कहा जाता है। अग्निपुराण को भी आग्नेय (अग्निसम्बद्ध) पुराण कहते हैं। दक्षिण-पूर्व की मध्यवर्ती दिशा को भी 'आग्नेय' कहा गया है। स्वर्ण को भी आग्नेय कहा गया है। जैमिनीय उपनिषद् में पृथ्वी को भी आग्नेय कहा गया है।

आग्नेयी दृष्टि—आहिताग्नि लोगों के द्वारा नियमित किया जाने वाला कामनापूर्त्यर्थ यज्ञ। ये यज्ञ प्रयोजन-भेद से अनेक नाम वाले होते हैं, जैसे—मित्रविन्देष्टि आदि। आग्नेयी दृष्टि भी उन्हीं में से एक दृष्टि है। दृष्टि का अर्थ विशेष प्रयोजनों से किया जाने वाला यज्ञ ही होता है।

आचार्य–1. अध्ययन कराने वाले अध्यापक, 2. यज्ञोपवीत देकर सांगवेदों का अध्ययन कराने वाले (मनु. 2.140), 3. शास्त्रार्थ चुनकर स्वयं आचरण करने वाला (द्वयोपनिषत् 3), 4. मंत्र देने वाला व्यक्ति, 5. शिक्षक, 6. धर्ममत के बड़े महन्त, 7. धर्मस्थापक, 8. प्रस्थानत्रयी पर भाष्य लिखने वाले आदि अनेकों अर्थ इस शब्द के हैं।

आज्य भाग–यज्ञ सम्बन्धी एक उपकरण और तत्सम्बन्धी क्रियाकलाप का एक विशिष्ट घृत का भाग।

आज्यस्थाली–प्राणाग्निहोत्र उपनिषद् में शरीरयज्ञ के अन्तर्गत दाहिने हाथ को स्रुवा और बायें हाथ को आज्यस्थाली कहा गया है (प्रा.हो.उ. 22)। इसमें ही नेत्रों को आज्य भाग तथा गले को धारा कहा है।

आत्मचिन्तन–अनात्मा को छोड़कर केवल आत्मा का ही चिन्तन-मनन करना। इस आत्मानुसन्धान को 'अन्तर्यज्ञ' भी कहते हैं। गीता (6.30) में इसका स्वरूप बताया गया है। अपनी आत्मा को सबमें तथा सबको अपनी आत्मा में देखना ही आत्मचिन्तन है।

आत्मचैतन्य–आत्मा की चैतन्यरूपता, संविद्-रूपता। इस प्रकार का ज्ञान रखना ही 'आत्मदृष्टि' भी कहा जाता है।

आत्मश्राद्ध–स्वर्गस्थ देवों, ऋषियों, देवमानवों आदि की शान्ति के लिए श्राद्ध करने का विधान है। यह श्राद्ध प्राय: आठ प्रकार का होता है—देवश्राद्ध, ऋषिश्राद्ध, पितृश्राद्ध, दिव्यश्राद्ध, मनुष्यश्राद्ध, भूतश्राद्ध, मातृश्राद्ध और आत्म-श्राद्ध। आत्मश्राद्ध की बात परिव्राजकोपनिषद् में कही गई है। जब कोई मनुष्य आतुर या क्रमिक संन्यास लेता है, तब वह चान्द्रायणादि प्रायश्चित्तों को करके फिर स्वयं का ही श्राद्ध मरने से पहले ही कर लेता है। उसे 'आत्मश्राद्ध' कहते हैं। आत्मश्राद्ध में वह अपना खुद का, पिता जीवित न हो तो पिता का, पिता जीवित हो तो पितामह का भी श्राद्ध कर लेता है।

आत्मसाक्षात्कार–आत्मा के पारमार्थिक स्वरूप का अनुभव, मिलन, प्रत्यक्ष दर्शन। साक्षात्कार का अर्थ प्रत्यक्ष अनुभूति या इन्द्रियजन्य ज्ञान भी हो सकता है, पर आत्मा का साक्षात्कार बाह्य

इन्द्रियों से नहीं होता। श्रुति कहती है—'मनसैवानुद्रष्टव्यः'।

आत्मा-जीवात्मा–उपनिषदों का–वेदान्त का प्रधान प्रतिपाद्य विषय आत्मा ही है। यह आत्मा अपने पारमार्थिक रूप में नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, निर्विकार ही है। इस पर अविद्या (अज्ञान) के कषाय (कल्मष) का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसलिए वह परमात्मा का समकक्ष ही (परमात्मा ही) है। (नृसिंह उ. ता. 1-2, रामोत्तरतापनी 2.9, ऐतरेय 1.1.1, नृ.उ. 7.4 आदि इसके असंख्य प्रमाण हैं। ऐसी उस आत्मा का दूसरा रूप यह है, जो अविद्या (अज्ञान) से आवृत हो जाता है। उसे ही 'जीव' या 'जीवात्मा' कहा जाता है। उसी का संसार में बार-बार आवागमन (आना-जाना) हुआ करता है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति अवस्था में शरीर का अनुवर्तन करने वाला चैतन्य ही जीव (जीवात्मा) है। इसके प्रमाण में ब्रह्मबिन्दु उपनिषद् (12), कठोपनिषद् (2.2.10), आदि अनेक प्रमाण हैं। जीवात्मा जब उस अविद्या (अज्ञान) को छोड़कर अपने वास्तविक स्वरूप को पहचान लेता है, तब वह अपने मूल रूप ब्रह्म के साथ एकाकार हो जाता है, उसे ही मोक्ष कहा गया है। फिर जगत् में पुनरागमन नहीं होता। (देखिए बृहदारण्यक उप. 2.4.5)।

आदिपुरुष–सृष्टि के पहले केवल परब्रह्म की ही उपस्थिति होने से उसे ही 'आदिपुरुष' कहा गया है। आदिजीव, हिरण्यगर्भ और नारायण के लिए भी आदिपुरुष का प्रयोग किया गया है। गीता में अर्जुन ने कृष्ण को 'त्वमादिदेवः' कहा है। ऋग्वेद (10.90.2 और 12) में उस आदिपुरुष से ही चतुर्वर्ण सृष्टि का सर्जन होना कहा गया है।

आदेश–आज्ञा, उपदेश, संकेत, विवरण, भविष्य-कथन, विधिवाक्य आदि इसके पर्यायवाची शब्द हैं। तैत्तिरीय उप. (2.3.1) में इसका अर्थ विधिवाक्य है। केन. (4.4) में इसका अर्थ संकेत है।

आध्यात्मिक-आधिदैविक-आधिभौतिक–सभी विषयों को और विषयों के ज्ञान को तीन भागों में विभाजित किया जाता है। अन्यान्य प्राणियों के शरीरों अथवा स्थूल भौतिक तत्त्वों से सम्बन्धित सभी विषय 'आधिभौतिक' कहे जाते हैं। दैवी गुणों या देवसम्बन्धी विषयों को 'आधिदैविक' कहा जाता है। तथा आत्मतत्त्व से सम्बन्धित विषयों को 'आध्यात्मिक' कहा जाता है। केनोपनिषद् (4, 5) में मन को आध्यात्म कहा गया है।

आनन्द-परमानन्द–इसका अर्थ प्रसन्नता है। यह आत्मा-परमात्मा का स्वरूप (सच्चिदानन्द) बताया गया है। पंचकोशों में आबद्ध आत्मा का अन्तिम कोश 'आनन्दमय कोश' है। तैत्ति.उ. (3.6) में आत्मा-परमात्मा के इस आनन्दस्वरूप की महिमा का वर्णन है। तैत्तिरीयोपनिषद् (2.7) में भी 'रसो वै सः' कहकर उस निरतिशय आनन्दसुखस्वरूप आत्मा का वर्णन किया गया है। इस आनन्दस्वरूप को ही सृष्टि की उत्पत्ति-स्थिति-लय का कारण माना गया है। यही आनन्द परमानन्द ब्रह्म है।

आनुष्टुभ मन्त्र–अनुष्टुप् छन्द में रचा हुआ (बना हुआ) मन्त्र। इसमें आठ-आठ अक्षर वाले चार चरण होते हैं। कुल बत्तीस अक्षर होते हैं। प्रणवसहित नारसिंह मन्त्र अनुष्टुप् छन्द में होने से उसे आनुष्टुभ मन्त्र कहा गया है।

आपः–इसका अर्थ 'जल' है। उपनिषदों में इसकी ईश्वरी तत्त्व के साथ संगति बिठाई गई है। आपः सम्भवतः प्राणरूप (जीवनरूप) होने से उसे 'अन्न' भी कहा गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् (3.8.1) में उसे तेज भी कहा गया है। कई वैदिक सूक्तों में इसकी स्तुति भी की गई है। आपः में सृष्टि-संरचना की मूलभूत इकाई की अर्थध्वनि उठती है। इसमें वरुणदेव प्रतिष्ठित माने गए हैं। उसे सर्वदेवरूप भी माना गया है। (देखिए, ना.प. 403, 97)।

आयतन–इसका अर्थ स्थान, मन्दिर, विश्रामालय आदि है। उपनिषदों में विष्णु को मंगलों का आयतन कहा गया है। छान्दोग्य में कहा गया है कि जो आयतन को जान लेता है वह सब जान लेता है। वहाँ आयतन का अर्थ मूल कारण (स्रोत) है। (सन्दर्भ—छान्दोग्य. 5.1.5 और 4.8.3)।

आर्य–इस शब्द का अर्थ कुलीन, सभ्य, शिष्ट, साधु, वफादार, इन्सान आदि कई होते हैं। इसका जातिविशेष अर्थ भी पाया जाता है। कृषीकार भी एक अर्थ है। वेदों में अतिप्राचीन जाति के अर्थ में यह शब्द है। वेदों में आर्य और दस्यु प्रमुख जातियाँ थीं। आर्यों को श्रेष्ठ और दस्युओं को कनिष्ठ माना जाता था। (ऋग्वेद, 1.103.3; 1.51.8)। महीधर ने आर्य शब्द को स्वामी और वैश्यवाचक माना है। सायण का अरणीय अथवा सर्वगन्तव्य अर्थ इससे मिलता-जुलता है। निरुक्तकार ने आर्य को ईश्वरपुर कहा है। अक्ष्युपनिषद् में आर्य शब्द आया है। इसके अनेक अर्थ हैं।

आवागमनचक्र–प्राणी अपने कर्मों के अनुसार विविध योनियों में जन्म लेता है, मरता है और फिर जन्म लेता है। ऐसा जन्म-मरण का चक्र जब तक मोक्ष न हो, तब तक चलता ही रहता है। इस चक्र में चौरासी लाख योनियों में प्राणी को आना-जाना पड़ता है। इसी आवन-जावन को आवागमन कहा जाता है।

आशा–अप्राप्त को प्राप्त करने की इच्छा आशा है। अभिलषित वस्तु भी आशा कही जाती है। छान्दोग्य. (2.22.2) में कहा है कि "पितृओं के लिए स्वधा, मनुष्यों के लिए आशा और पशुओं के लिए तृण-जल का आगान करूँ।" "देवगण मनुष्यों की आशाओं का प्रतिरक्षण करते हैं" (जैमि.उप. 1.34.11)। उपनिषदों में आशा को पिशाचिनी भी कहा है (मैत्रेय्युप. 1.12)। उपनिषत् आशा को शाश्वत भी बताते हैं (देखिए जैमिनि, 4.22.1)। आशा को त्यागने की बात मैत्रेय्युपनिषद् (2.12) में कही गई है।

आश्रम–भारतीय जीवन-शैली के चार विभाग किए गए हैं उन्हें 'आश्रम' कहा जाता है; यथा—ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम, वानप्रस्थाश्रम और संन्यासाश्रम।

आसक्ति-मोह-ममता–ये पर्याय हैं। किसी वस्तु पर लगाव। यह तामस विकार है। इसे गीता में कीचड़ कहा गया है (गीता 2.52, 14.34)। वह मनुष्य को फँसाकर उसको जन्म-मरण के घेरे में डालता और सुख-दुःखादि देता रहता है। शास्त्रों ने उससे छूटकर मुक्तिलाभ करने का उपदेश दिया है (देखिए गीता, 2.17)। ईशोपनिषद् 7 में यो.चू. 84 में और मैत्रा. 4.2 में आसक्ति के अवगुण और अनासक्ति के लाभ बताए गए हैं।

आसन–योग के आठ अंगों में यह तीसरा अंग है। जिसमें शरीर को स्थिर रखकर पहले सिद्धि प्राप्त करनी पड़ती है, बाद में प्राणायाम आदि की साधना होती है। आसन की व्याख्या—'स्थिरसुखमासनम्' यह है। अर्थात् जो स्थिर और सुखदायी हो, वही 'आसन' है। जिस प्रकार स्थिर (अविचल) होकर, कष्टरहित होकर सुखपूर्वक लम्बे समय तक बैठा जा सके, वह आसन है। ऐसे बहुत से आसन अन्यान्य ग्रन्थों में वर्णित हैं, पर जाबालदर्शनोपनिषद् के अनुसार स्वस्तिक, गोमुख, पद्म, वीर, सिंह, भद्र, मुक्त, मयूर और सुख—ये नौ आसन मुख्य हैं।

आस्तिकता–वेदों की प्रमाणभूतता का स्वीकार। उस स्वीकार करने वाले को आस्तिक कहा जाता है। वेदप्रामाण्य को स्वीकार न करना ही नास्तिकता है और प्रमाण नहीं मानने वाले को नास्तिक कहा जाता है। और ईश्वरप्रामाण्य को मानने वाला भी आस्तिक और न मानने वाला नास्तिक कहलाता है।

आहवनीय–वैदिक ग्रन्थों में अग्नि के अनेक प्रकार हैं। उनमें आवहनीय अग्नि, गार्हपत्य अग्नि और दक्षिणाग्नि हैं। उनमें से जिस अग्नि के द्वारा अतिथियों का और देवों का आवाहन किया जाए उसे आहवनीय अग्नि कहते हैं (अथर्वशिर. 7.9.13)। घर में रखा गया पूज्य अग्नि 'गार्हपत्य अग्नि' है और जिसमें अन्न पकाया जाता है वह 'दक्षिणाग्नि' है। (विस्तार के लिए देखिए—मनु. 2.231 और कठरुद्रोपनिषद् 3)।

इ

इडा–हठयोगानुसार शरीर की तीन मुख्य नाडियों में से एक, जो नासिका के वाम भाग पर स्थित है।

इन्द्रियाँ–शरीरस्थ चैतन्य अंश जिनके माध्यम से कर्ता-भोक्ता बनता है वे इन्द्रियाँ (करण) हैं। ये दो प्रकार की हैं—बाह्येन्द्रियाँ और अन्तरिन्द्रिय। बाह्येन्द्रियाँ दो प्रकार की हैं—1. ज्ञानेन्द्रियाँ, 2. कर्मेन्द्रियाँ। ज्ञानेन्द्रियाँ—आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा है और कर्मेन्द्रियाँ—वाक्, पाणि, पाद, पायू और उपस्थ हैं। अन्तरिन्द्रिय मन है। वह कार्यभेद से मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार—चार प्रकार का है। शास्त्रों में इन इन्द्रियों का दमन करने की शिक्षा है।

इष्टापूर्त–वेदाध्ययन, अग्निहोत्र और अतिथि-सत्कार 'इष्ट' कहलाते हैं, और तालाब-कुआँ खुदवाना या देवमन्दिर बँधवाना आदि '(आ) पूर्त' कहलाते हैं। अर्थात् यज्ञ-यागादि अदृष्ट फलवाले कर्म 'इष्ट' हैं और दृष्टफल वाले कर्म 'पूर्त' कहलाते हैं। (मुं. 1.2.10, कठ. 1.1.8, प्रश्न. 1.9)। 'इष्ट' का अर्थ अभीप्सित—चुना हुआ भी होता है, जैसे इष्टदेव आदि।

ई

ईशान—(1) पूर्व-उत्तर के बीच के दिशाभाग को 'ईशान' कहते हैं। भगवान् शिव त्र्यम्बक को भी 'ईशान' कहा गया है। (अथर्वशिर. 3, 4)

ईश्वर–अद्वैत वेदान्त में ब्रह्म एक ही तत्त्व है। वह शुद्ध, बुद्ध, नित्य, मुक्त है। वह ब्रह्म दो प्रकार का है—1. परब्रह्म और 2. अपरब्रह्म। परब्रह्म निर्गुण, निर्विषय, केवल चैतन्यरूप है और अपर ब्रह्म मायाशक्ति से उपहित और सगुण है। उस मायोपहित सगुण-अपर-ब्रह्म को ही ईश्वर कहा गया है (पंचदशी, 4.43)। वह जगत् का निमित्त कारण है। मायोपहित ब्रह्म ईश्वर और अविद्या-वच्छिन्न चैतन्य जीव है। ब्रह्म (चैतन्य) तो एक ही है, पर उपाधिवशात् ये भेद हुए हैं। अष्टांग-योग के नियम अंग में पाँचवाँ ईश्वरप्रणिधान या ईश्वरपूजन माना गया है।

उ

उक्थयाग–यह सोमयाग का तीसरा भेद है। इसे भी अग्निष्टोम की विकृति माना जाता है। इस यज्ञ का आयोजन पशु की आकांक्षा से किया जाता है (स.श्रौ० 9.7)। इसमें इन्द्र और अग्नि का यजन किया जाता है। दोनों को एक-एक अज समर्पित किया जाता है।

उञ्छवृत्ति–जो गृहस्थाश्रमी पवित्र जल द्वारा सर्व कार्य निष्पन्न करके खेतों में पड़े रहे अनाज के द्वारा अपनी आजीविका चलाते हैं, उनकी इस आजीविका को उञ्छवृत्ति कहा गया है। (आश्रमोपनिषद् 2)।

उड्डियानबन्ध–हठयोग में विविध प्रकार के बन्ध होते हैं। योग सम्बन्धी अनेक उपनिषदों में उनका उल्लेख पाया जाता है। इन बन्धों में मूलबन्ध, उड्डियानबन्ध और जालन्धरबन्ध—ये तीन बन्ध मुख्य हैं। महाबन्ध और महावेध का भी उल्लेख है। उड्डियानबन्ध में दोनों जानुओं को मोड़कर एवं दोनों पैरों के तलुवों को आपस में मिलाकर नाभि से नीचे और आठ अंगुल ऊपर के पेट के हिस्से को बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड में इस प्रकार लगाया जाता है, जिससे पेट में गड्ढा जैसा दिखाई पड़ता है। इसमें प्राण पक्षी की तरह सुषुम्ना की ओर उड़ने लगता है। (यो.त. 119)।

उत्तरायण–जब सूर्य मकर रेखा से उत्तर में कर्क रेखा की ओर जाता है, तब उसे 'उत्तरायण' कहा जाता है। सूर्य के इस उत्तरायण का समय छः महीनों का होता है और छः महीने दक्षिणायन के होते हैं। यह शिशिर-वसन्त-ग्रीष्म ऋतुओं का समय होता है।

उदुम्बर–यह वानप्रस्थाश्रम के चार भेदों में से एक भेद का नाम है। जो वानप्रस्थी जिस किसी दिशा में जाकर गूलर, बेर, नीवार आदि बटोर कर, अग्नि-संचरण कर उनसे महायज्ञ करके उन्हीं को खाकर जीता है, वह उदुम्बर या औदुम्बर कहा जाता है।

उद्गाता–यज्ञ के मुख्य चार ऋत्विजों में से एक, यह सामगानों का गान करता है।

उद्गीथ–(1) एक प्रकार का [illegible] (छा. 1.1.5)। सामगान के प्रकार हैं—[illegible] प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार, उपद्रव और निधन। विचरणशील सूर्य भी उद्गीथ कहा गया है। उद्गीथ की श्रेष्ठता छान्दोग्य [illegible] है।

उद्भिज्ज–जो जीव भूमि को फाड़ कर निकलते हैं, उन्हें उद्भिज्ज कहा जाता है। हम लोगों ने वनस्पतियों में भी जीवतत्त्व को पहले से माना है।

उन्मनी अवस्था–उन्मनी भाव, अन्यमनस्कता, मनोरथ, मनोराहित्य आदि सभी पर्यायवाची शब्द हैं।

उपदेष्टा–उपदेशक, धर्मोपदेशक, आचार्य, गुरु, [illegible], मार्गोपदेशक आदि समानार्थ वाले शब्द हैं।

उपनयन–ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्यों का क्रमशः 8, 12 और 16 वर्ष पर किया जाने वाला एक संस्कार है। वहाँ से ब्रह्मचर्याश्रम शुरू होता है और तब से व्यक्ति का पुनर्जन्म (द्विज) होना कहा जाता है, शूद्र अनुपवीत होते हैं। उनका उपनयन (उपवीत) संस्कार नहीं होता।

उपनिषत्–(1) गुरु के पास रहस्यमय ज्ञान प्राप्त करने के लिए बैठना (उप + नि + सद्), (2) अविद्या (अज्ञान) को दूर कर देने वाला, (3) वैदिक साहित्य का अन्तिम भाग। उपनिषदों को 'ब्रह्मविद्या' भी कहते हैं। उपनिषदों में परा-अपरा दोनों विद्याएँ बताकर परा विद्या की श्रेष्ठता बताई गई है। उपनिषत् साहित्य वैदिक शाखाओं पर आधारित हैं। कुछ तो प्राचीन उपनिषदें हैं, जो ब्रह्मविद्या बताते हैं और कुछ परवर्ती उपनिषद् मध्यकालीन सम्प्रदायों की देन हैं।

उपपातक–महापातकों के सिवा जो छोटे-छोटे पाप होते हैं, उन्हें उपपातक कहा जाता है।

उपप्राण–पाँच प्राणों (प्राणापानादि) के उपरान्त पाँच उपप्राण भी माने गए हैं। वे हैं—नाग (डकार लेना), कूर्म (पलक झपकना), कृकल

[illegible]

उपासना–[illegible] का जो अभ्यास करता है, [illegible] जाता है। उपासना अभ्यास की इस प्रक्रिया को इष्ट साक्षात्कार का साधन समझा जाता है। यह चित्त की एकाग्रता का वाचक शब्द है।

ऊ

ऊर्ध्वपुण्ड्र–अनेक प्रकार के अनेकानेक शाखा वाले संन्यासी जो अनेक तरह के चिह्न धारण करते हैं, [illegible] वैष्णव-सम्प्रदाय के लोग ऊर्ध्वपुण्ड्र लगाते हैं। मस्तक पर ऊपर की ओर जाने वाली खड़ी रेखा को ऊर्ध्वपुण्ड्र कहते हैं (नारदपरि.उप. 5.12)।

ऊर्ध्वरेता–जिसका वीर्य ऊर्ध्वगामी हो, उसे 'ऊर्ध्वरेता' कहते हैं। भीष्म, हनुमान, सनकादि आदि ऐसे ऊर्ध्वरेता थे। वे अखण्ड ब्रह्मचारी होते हैं। शिव को भी ऊर्ध्वरेता कहा गया है (जाबाल.दर्श. 7.2)।

ऋ

ऋचा–वेद (ऋग्वेद) के मन्त्रों को ऋचा (ऋच्) कहा जाता है। ऋच् स्तुतिवाचक है। ऋग्वेद के मंत्रों में देवों की स्तुति है, इसलिए उन्हें ऋचाएँ कहते हैं। ऋचाओं का संग्रह होने से ही उस वेद का नाम ऋग्वेद पड़ा है।

ऋत–सत्य-प्रिय वचन को 'ऋत' कहते हैं। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द—मोक्ष, जल, कर्मफल, यज्ञ, सूर्य, ब्रह्म, प्राकृतिक नियम, ईश्वरीय नियम, अनुकूल वचन आदि भी होते हैं। (तै.आ. 9.1.1, तै.सं. 3.2.9.1, शत.ब्रा. [illegible] 3.4.16, जैमि. 3.36.5, शत.ब्रा. 4.1.[illegible]

इ

इडा–हठयोगानुसार शरीर की तीन मुख्य नाडियों में से एक, जो नासिका के वाम भाग पर स्थित है।

इन्द्रियाँ–शरीरस्थ चैतन्य अंश जिनके माध्यम से कर्ता-भोक्ता बनता है वे इन्द्रियाँ (करण) हैं। ये दो प्रकार की हैं—बाह्येन्द्रियाँ और अन्तरिन्द्रिय। बाह्येन्द्रियाँ दो प्रकार की हैं—1. ज्ञानेन्द्रियाँ, 2. कर्मेन्द्रियाँ। ज्ञानेन्द्रियाँ—आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा है और कर्मेन्द्रियाँ—वाक्, पाणि, पाद, पायू और उपस्थ हैं। अन्तरिन्द्रिय मन है। वह कार्यभेद से मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार—चार प्रकार का है। शास्त्रों में इन इन्द्रियों का दमन करने की शिक्षा है।

इष्टापूर्त–वेदाध्ययन, अग्निहोत्र और अतिथि-सत्कार 'इष्ट' कहलाते हैं, और तालाब-कुआँ खुदवाना या देवमन्दिर बँधवाना आदि '(आ) पूर्त' कहलाते हैं। अर्थात् यज्ञ-यागादि अदृष्ट फलवाले कर्म 'इष्ट' हैं और दृष्टफल वाले कर्म 'पूर्त' कहलाते हैं। (मुं. 1.2.10, कठ. 1.1.8, प्रश्न. 1.9)। 'इष्ट' का अर्थ अभीप्सित—चुना हुआ भी होता है, जैसे इष्टदेव आदि।

ई

ईशान—(1) पूर्व-उत्तर के बीच के दिशाभाग को 'ईशान' कहते हैं। भगवान् शिव त्र्यम्बक को भी 'ईशान' कहा गया है। (अथर्वशिर. 3, 4)

ईश्वर–अद्वैत वेदान्त में ब्रह्म एक ही तत्त्व है। वह शुद्ध, बुद्ध, नित्य, मुक्त है। वह ब्रह्म दो प्रकार का है—1. परब्रह्म और 2. अपरब्रह्म। परब्रह्म निर्गुण, निर्विषय, केवल चैतन्यरूप है और अपर ब्रह्म मायाशक्ति से उपहित और सगुण है। उस मायोपहित सगुण-अपर-ब्रह्म को ही ईश्वर कहा गया है (पंचदशी, 4.43)। वह जगत् का निमित्त कारण है। मायोपहित ब्रह्म ईश्वर और अविद्या-वच्छिन्न चैतन्य जीव है। ब्रह्म (चैतन्य) तो एक ही है, पर उपाधिवशात् ये भेद हुए हैं। अष्टांग-योग के नियम अंग में पाँचवाँ ईश्वरप्रणिधान या ईश्वरपूजन माना गया है।

उ

उक्थयाग–यह सोमयाग का तीसरा भेद है। इसे भी अग्निष्टोम की विकृति माना जाता है। इस यज्ञ का आयोजन पशु की आकांक्षा से किया जाता है (स.श्रौ० 9.7)। इसमें इन्द्र और अग्नि का यजन किया जाता है। दोनों को एक-एक अज समर्पित किया जाता है।

उञ्छवृत्ति–जो गृहस्थाश्रमी पवित्र जल द्वारा सर्व कार्य निष्पन्न करके खेतों में पड़े रहे अनाज के द्वारा अपनी आजीविका चलाते हैं, उनकी इस आजीविका को उञ्छवृत्ति कहा गया है। (आश्रमोपनिषद् 2)।

उड्डियानबन्ध–हठयोग में विविध प्रकार के बन्ध होते हैं। योग सम्बन्धी अनेक उपनिषदों में उनका उल्लेख पाया जाता है। इन बन्धों में मूलबन्ध, उड्डियानबन्ध और जालन्धरबन्ध—ये तीन बन्ध मुख्य हैं। महाबन्ध और महावेध का भी उल्लेख है। उड्डियानबन्ध में दोनों जानुओं को मोड़कर एवं दोनों पैरों के तलुवों को आपस में मिलाकर नाभि से नीचे और आठ अंगुल ऊपर के पेट के हिस्से को बलपूर्वक खींचकर मेरुदण्ड में इस प्रकार लगाया जाता है, जिससे पेट में गड्ढा जैसा दिखाई पड़ता है। इसमें प्राण पक्षी की तरह सुषुम्ना की ओर उड़ने लगता है। (यो.त. 119)।

उत्तरायण–जब सूर्य मकर रेखा से उत्तर में कर्क रेखा की ओर जाता है, तब उसे 'उत्तरायण' कहा जाता है। सूर्य के इस उत्तरायण का समय छः महीनों का होता है और छः महीने दक्षिणायन के होते हैं। यह शिशिर-वसन्त-ग्रीष्म ऋतुओं का समय होता है।

उदुम्बर–यह वानप्रस्थाश्रम के चार भेदों में से एक भेद का नाम है। जो वानप्रस्थी जिस किसी दिशा में जाकर गूलर, बेर, नीवार आदि बटोर कर, अग्नि-संचरण कर उनसे महायज्ञ करके उन्हीं को खाकर जीता है, वह उदुम्बर या औदुम्बर कहा जाता है।

उद्गाता–यज्ञ के मुख्य चार ऋत्विजों में से एक। यह साममन्त्रों का गान करता है।

उद्गीथ–(1) एक प्रकार का सामगान, (2) प्रणव (छा. 1.1.5)। सामगान के प्रकार हैं—हिंकार, प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार, उपद्रव और निधन। विचरणशील सूर्य भी उद्गीथ कहा गया है। उद्गीथ की श्रेष्ठता छान्दोग्य (1.1.2) में बताई गई है।

उद्भिज्ज–जो जीव भूमि को फाड़ कर निकलते हैं, उन्हें उद्भिज्ज कहा जाता है। हम लोगों ने वनस्पतियों में भी जीवतत्त्व को पहले से माना है।

उन्मनी अवस्था–उन्मनी भाव, अन्यमनस्कता, मनोनाश, मनोराहित्य आदि सभी पर्यायवाची शब्द हैं।

उपदेष्टा–उपदेशक, धर्मोपदेशक, आचार्य, गुरु, ऋत्विज, मार्गोपदेशक आदि समानार्थ वाले शब्द हैं।

उपनयन–ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्यों का क्रमशः 8, 12 और 16 वर्ष पर किया जाने वाला एक संस्कार है। वहाँ से ब्रह्मचर्याश्रम शुरू होता है और तब से व्यक्ति का पुनर्जन्म (द्विज) होना कहा जाता है, शूद्र अनुपवीत होते हैं। उनका उपनयन (उपवीत) संस्कार नहीं होता।

उपनिषत्–(1) गुरु के पास रहस्यमय ज्ञान प्राप्त करने के लिए बैठना (उप + नि + सद्), (2) अविद्या (अज्ञान) को दूर कर देने वाला, (3) वैदिक साहित्य का अन्तिम भाग। उपनिषदों को 'ब्रह्मविद्या' भी कहते हैं। उपनिषदों में परा-अपरा दोनों विद्याएँ बताकर परा विद्या की श्रेष्ठता बताई गई है। उपनिषत् साहित्य वैदिक शाखाओं पर आधारित हैं। कुछ तो प्राचीन उपनिषदें हैं, जो ब्रह्मविद्या बताते हैं और कुछ परवर्ती उपनिषद् मध्यकालीन सम्प्रदायों की देन हैं।

उपपातक–महापातकों के सिवा जो छोटे-छोटे पाप होते हैं, उन्हें उपपातक कहा जाता है।

उपप्राण–पाँच प्राणों (प्राणापानादि) के उपरान्त पाँच उपप्राण भी माने गए हैं। वे हैं—नाग (डकार लेना), कूर्म (पलक झपकना), कृकल (भूख लगना), धनंजय (समस्त शरीर का पोषण करना) और देवदत्त (जम्हाई लेना)।

उपाधि–जिसके संयोग से कोई वस्तु किसी विशेष रूप से दिखाई देती हो, तो उस वस्तु अर्थात् विशेष दर्शक वस्तु को 'उपाधि' कहा जाता है। जैसे स्वच्छ (श्वेत) स्फटिकमणि लाल गुलाब के संयोग से लाल दिखाई देता है, तो लाल गुलाब को उपाधि कहा जाता है।

उपासना–जीव अपने इष्ट के साथ एकाकार होने का जो अभ्यास करता है, उसे 'उपासना' कहा जाता है। उपासना-अभ्यास की इस प्रक्रिया को इष्ट साक्षात्कार का साधन समझा जाता है। यह चित्त की एकाग्रता का वाचक शब्द है।

ऊ

ऊर्ध्वपुण्ड्र–अनेक प्रकार के अनेकानेक शाखा वाले संन्यासी जो अनेक तरह के चिह्न धारण करते हैं, उनमें एक ऊर्ध्वपुण्ड्र भी है। रामानन्दी वैष्णव-सम्प्रदाय के लोग ऊर्ध्वपुण्ड्र लगाते हैं। मस्तक पर ऊपर की ओर जाने वाली खड़ी रेखा को ऊर्ध्वपुण्ड्र कहते हैं (नारदपरि.उप. 5.12)।

ऊर्ध्वरेता–जिसका वीर्य ऊर्ध्वगामी हो, उसे 'ऊर्ध्वरेता' कहते हैं। भीष्म, हनुमान, सनकादि आदि ऐसे ऊर्ध्वरेता थे। वे अखण्ड ब्रह्मचारी होते हैं। शिव को भी ऊर्ध्वरेता कहा गया है (जाबाल.दर्श. 7.2)।

ऋ

ऋचा–वेद (ऋग्वेद) के मन्त्रों को ऋचा (ऋच्) कहा जाता है। ऋच् स्तुतिवाचक है। ऋग्वेद के मंत्रों में देवों की स्तुति है, इसलिए उन्हें ऋचाएँ कहते हैं। ऋचाओं का संग्रह होने से ही उस वेद का नाम ऋग्वेद पड़ा है।

ऋत–सत्य-प्रिय वचन को 'ऋत' कहते हैं। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द—मोक्ष, जल, कर्मफल, यज्ञ, सूर्य, ब्रह्म, प्राकृतिक नियम, ईश्वरीय नियम, अनुकूल वचन आदि भी होते हैं। (तै.आ. 9.1.1, तै.सं. 3.2.9.1, शत.ब्रा. 1. 3.4.16, जैमि. 3.36.5, शत.ब्रा. 4.1.4.10,

जैमि. 3.26.5—आदि विविध अर्थों के उदाहरण है)। वास्तव में अटल (शाश्वत) नियम को 'ऋत' और बदलने वाले नियम को 'सत्य' कहा जाता है। जल का निम्नगामित्व और अग्नि का ऊर्ध्वगामित्व, सूर्योदय, सूर्यास्त आदि को 'ऋत' कहेंगे और देश-कालानुसार बदलते हुए ऋतुओं के परिवर्तन के नियम को 'सत्य' कहेंगे।

ऋत्विज–यज्ञों को सम्पादित करने वाले होता, अध्वर्यु, उद्गाता, ब्रह्मा आदि को ऋत्विज् कहा जाता है। यज्ञ के स्वरूप के अनुसार सम्पादकों की संख्या में बढ़ाव-घटाव हुआ करता है, कहीं चार, कहीं सात, तो कहीं सत्रह तक भी संख्या होती है। और प्रस्तौता, प्रतिहर्ता आदि उनके कामों के अनुसार उन्हें नाम भी दिए जाते हैं।

ऋद्धि-सिद्धि–'ऋद्धि' भौतिक समृद्धि का द्योतक शब्द है और 'सिद्धि' आध्यात्मिक समृद्धि का द्योतक शब्द है। (देखिए—गीता 12.10) अणिमादि योगसिद्धियाँ तो प्रसिद्ध ही हैं।

ऋषि–वेदमन्त्रों का द्रष्टा। मन्त्रों का साक्षात्कर्ता। ऋषि दिव्यदृष्टि से युक्त होते हैं। मुण्डकोपनिषद् (3.2.5) में और गीता में भी ऋषियों के लक्षण बताए गए हैं। आगे चलकर देवर्षि, ब्रह्मर्षि, राजर्षि जैसे कई भेद 'ऋषि' शब्द के किए गए हैं। उपनिषदों के द्रष्टा ये सभी ऋषि ही थे।

ए

एकत्व-ऐक्य–एक होने का भाव है। जैसे जीव ही ब्रह्म है, यह एकत्व (ऐक्य) है (छा. 6.2.1)। जीव-ब्रह्म का एकत्व (ऐक्य - एकता) प्रतिपादित करना ही उपनिषदों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है। (ऋ 6.47.18, ब्रह्मबिन्दु 12 और गीता 9.15)

एकर्षि अग्नि–एकर्षि अग्नि का उल्लेख मुण्डकोपनिषत् (3.2.10) को छोड़कर और कहीं भी नहीं मिलता। वहाँ पर एकर्षि अग्नि में होम करने वाले को ब्रह्मविद्या का उपदेश करने का विधान है। कुछ विद्वान एकर्षि अग्नि की संगति आत्म ज्योतिरूप अग्नि से बिठाते हैं। कुछ लोग एकर्षि शब्द की व्युत्पत्ति 'जो अकेला गतिमान रहता है (ऋषि) ऐसा करते हैं, तो कुछ विद्वान्—'सभी देवों में अवस्थित अग्नि को सभी आहुतियों के ग्रहणकर्ता के रूप' को भी एकर्षि कहते हैं।

एकादश द्वार-एकादश अक्ष–शरीर को ग्यारह द्वारों से युक्त अर्थात् एकादश द्वार वाला कहा गया है। दो आँखें, दो कान, दो नासिकाएँ, एक मुख, ब्रह्मरन्ध्र, नाभि, गुदा और उपस्थ—ये एकादश द्वार हैं। कठोपनि. (2.2.1) में नवद्वार कहे गए हैं, श्वेताश्वतर में भी यही है—दो आँखें, दो कान, दो नासिकाएँ, एक मुख, गुदा और उपस्थ।

एषणात्रय–एषणा का अर्थ इच्छा, चाह, कामना, याचना आदि है। सामान्यतया तीन एषणाएँ मानी जाती हैं—पुत्रैषणा, वित्तैषणा और लोकैषणा। सन्तति, धनधान्यादि तथा कीर्ति की ये तीन एषणाएँ सामान्यतया सबमें होती है।

ओ

ओंकार–ॐकार या प्रणव परमात्मा का प्रतीक है। यह अ-उ-म—तीन वर्णों से बना है। ये तीनों अक्षर तीनों देवों का बोध कराते हैं। वे देव क्रमशः विष्णु, महेश्वर और ब्रह्मा हैं। अतः ॐ ब्रह्म है। तैत्ति. उ. 1.8.1, ध्यानबिन्दु 9, मैत्रा. 6.37 आदि में ॐ की परम उपास्यता बताई है। ऐसा भी कहा गया है कि ॐ के तीन वर्णों के उच्चारण से योगी जीवन्मुक्त हो जाता है। (आत्मबोधोपनिषद् 1 तथा कठोपनिषद् 1.2.16) अन्यान्य कई उपनिषदों में भी ॐ की महिमा, ॐ की उपास्यता, उपासना की फलश्रुति बार-बार बताई गई है।

क

कपालशोधन क्रिया–हठयोग में धौती, बस्ती, नेति, नौलि, त्राटक और कपालभाति—ये छः क्रियाएँ शरीरशोधन के लिए कही गई हैं। इनमें छठी अन्तिम क्रिया जो कपालभाति है, यह एक विशिष्ट प्राणायाम है। (ह.यो.प्र. 2.22) यह कफनाशक है। लोहार की धौकनी के समान शीघ्रता से रेचक-पूरक करके किया जाने वाला प्राणायाम ही कपालभाति है (ह.यो.प्र. 2.35)। मेरुदण्ड में इसके तीन प्रकार बताए हैं—1. जातकर्म कपालभाति, 2. व्युत्कर्म कपालभाति और 3. शीतकर्म कपालभाति। इनमें जातकर्म कपालभाति की तीन विधियाँ हैं। प्रथम विधि में सुखासन में बैठकर, दायें नथुने को बन्द कर, बायें से बलपूर्वक वायु को खींचकर बिना रोके दायें नथुने से बाहर निकाला जाता है। इसी प्रकार दायें से वायु खींचकर बायें से बाहर निकालते हैं। दूसरी विधि यह है कि दोनों नथुनों से एक साथ वायु खींचकर बाहर निकालते हैं। और तीसरी विधि में दायें नथुने को बन्द करके बाँये से पूरक-रेचक करते हैं। सम्भवतः यह कपालशोधन प्रक्रिया कपालभाति की दूसरी या तीसरी प्रक्रिया से मिलती-जुलती होगी। योग-कुण्डलिन्युपनिषद् (1.24-25) में इसको इस प्रकार कहा गया है—दायीं नासिका से धीरे-धीरे बाहर की वायु खींचकर बायीं नासिका से रेचन करें। कपाल-शोधन में भी वायु को धीरे-धीरे बाहर निकाले। बस, इससे अधिक इसका अन्यत्र कहीं भी उल्लेख नहीं है।

कपालाष्टक–योग के आठ प्रसिद्ध अंगों को कपालाष्टक कहते हैं। (देखिए परब्रह्मोपनिषत् 2 की ब्रह्मयोगी व्याख्या)।

करन्यास–तंत्रोक्त मन्त्रों के उच्चारणपूर्वक अंगुष्ठ सहित समस्त अँगुलियों के तल और पृष्ठभाग पर किए गये न्यास को करन्यास कहते हैं।

कर्म–इसका सामान्य अर्थ है क्रिया अथवा गति। आध्यात्मिक रूप से कर्म के सहारे ही आत्मा संसारवहन करता है। कर्मचक्र ही संसार का तथ्य है। समग्र ब्रह्माण्ड कर्म से ही गतिशील है। उपनिषदों में इन्द्रियों के द्वारा की जाने वाली क्रियाओं को 'कर्म' कहा है। 'कर्म' के साथ करने वाले को कर्तृत्वाभिमान होता है। गीता में कर्म सात्त्विक, राजस और तामस—तीन प्रकार के कहे गए है (गी. 3.5)। गीता में नियत कर्मों को अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है (गी. 3.8)। आसक्तिरहित निष्काम कर्माचरण करने से मनुष्य कर्मबन्धन से मुक्त होता है, यह बात गीता बार-बार कहती है (गी. 4.17, 3.9 आदि)। ईशावास्य (2) भी यही कहती है।

कर्मफल–मनुष्य कर्म करने में स्वतन्त्र है, किन्तु कर्म-फल पाने में पराधीन है। किए हुए कर्मों का फल तो वह अवश्य पाता ही है, पर वह उसके हाथ में नहीं है। पूर्वजन्मकृत कर्मफल ही हमारा भाग्य (प्रारब्ध) है (गीता, 2.47)। कर्मफल-त्यागी कर्मयुक्त मनुष्य नैष्ठिक शान्ति पाता है (गी. 5.12 और 12.12)।

कर्मसंन्यासी–जो ब्रह्मचर्य, गृहस्थ और वानप्रस्थ आश्रमों में विधिपूर्वक रहने के बाद नियमानुसार संन्यास ग्रहण करता है, वह कर्मसंन्यासी है (संन्यासोपनिषद् 2.22)। संन्यास के स्वरूप भेदों में से यह एक है।

कला–किसी कर्म या स्थिति की द्योतिका कला है। चन्द्रप्रकाश के सोलहवें भाग को भी कला कहते हैं। सूर्यप्रकाश के बारहवें भाग को भी कला कहते हैं। परब्रह्म में सभी कलाएँ (चौसठ कलाएँ) हैं, ऐसा माना जाता है। वैदिक मान्यतानुसार परब्रह्म के चार पादों में चौसठ कलाओं का विभाजन होने से प्रत्येक पाद में सोलह कलाएँ होती हैं। और परब्रह्म ने अपने एक पाद से विश्व बनाया, इसलिए विश्व में परब्रह्म की सोलह कलाएँ हैं (त्रिपादूर्ध्व.; ऋग्. 10.90.4)। इन सोलह कलाओं को 'पूर्णकला' कहते हैं। विश्व के प्रत्येक प्राणी में अपनी शक्ति के तारतम्य के अनुसार कला की कोई न कोई संख्या अवश्य होती है। तंत्रशास्त्र में जीवनोपयोगी 64 कलाएँ भी कही गई हैं।

कलियुग–चार युगों में से चतुर्थ युग। उसकी अवधि 432000 वर्ष मानी जाती है। एक अन्य मान्यता के अनुसार कलियुग की आयु 1200 वर्ष तक की भी मानी गई है।

कल्पवृक्ष–मनचाही वस्तु को देने वाला देवलोक का एक कल्पित वृक्ष 'कल्पवृक्ष' है। इसे कल्पतरु भी कहा जाता है। स्मृतिशास्त्र विशेष भी कल्पवृक्ष

कहा जाता है (भागवत 1.1.3)। कल्पद्रु, कल्पद्रुम, कल्पतरु, कल्पलतिका, कल्पलता, कल्पमहीरुह, कल्पवल्ली, कल्पविटप आदि भी इसके अन्य नाम हैं। देवासुरों के सामूहिक समुद्रमंथन से निकले हुए चौदह रत्नों में से यह एक है, ऐसी मान्यता है। गोपालपूर्वतापिन्युपनिषद् 32 में इसका उल्लेख भगवान् के आश्रय रूप में मिलता है।

कल्पान्त–कल्प प्राचीन कालगणना की एक इकाई है। यह बड़ी लम्बी अवधि है। सृष्टि के काल चक्र को सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि—इन चार युगों में बाँटा गया है। एक-एक युग की अवधि कई लाख वर्षों की होती है। चारों युगों की अवधि कुल मिलाकर करीब तैतालीस लाख बीस हजार वर्षों की है। इतने एक हजार चुतुर्युगी के वर्ष ब्रह्मा का एक दिन के बराबर है और उतनी ही लम्बी उनकी रात्रि भी है। दोनों मिलाकर एक कल्प होता है और उस कल्प के अन्त में प्रलय की स्थिति होती है।

कवि-मनीषी–उपनिषदों में परब्रह्म परमात्मा को कवि, मनीषी कहा गया है (ईश. 8)। 'कवि' का अर्थ सर्वज्ञ, विचारवान, प्रतिभाशाली, प्रशंसनीय, दूरदर्शी, विद्वान्, त्रिकालज्ञ, मनीषी आदि होता है और 'मनीषी' का अर्थ भी पंडित, विद्वान्, बुद्धिमान, मेधावी, स्तोता आदि होता है। गीता के 4.16 में कवि का अर्थ विद्वान् ही है। परन्तु गीता के 8.9 में तो परमात्मा को ही कवि कहा गया है। महोपनिषद् में भी सर्वेश्वर को कवि शब्द से उपन्यस्त किया गया है। (महो. 4.79)।

कामकला–इस शब्द के कई अर्थ मिलते है, जैसे कामदेव की कला (प्रिया, पत्नी); चन्द्र की सोलह कलाएँ भी कामकला कही जाती हैं। तंत्रोक्त विंधिविशेष को भी कामकला कहते है। सृष्टिनिर्माण की आदिदेवी को भी कामकला कहते हैं। कामक्रीडा भी कामकला है। तंत्र-ग्रन्थों में कहा गया है कि आदिसृष्टि का मूल कारण शिव (कल्याणकारी ब्रह्म) और शक्ति (ब्रह्म की चित् शक्ति)—ये दो बिन्दुरूप हैं। शिवबिन्दु श्वेतवर्ण और शक्तिबिन्दु रक्तवर्ण है। दोनों बिन्दुओं के संयोग का नाम 'काम' है। शिवशक्ति बिन्दु से अक्षर, भाषा और महाभूतों की उत्पत्ति होती है। अकार शिव का और इकार शक्ति का बोधक होता है। शिवबिन्दु, शक्तिबिन्दु और नाद—इन्हीं तीनों से जो अहंकार उत्पन्न होता है, उसी को 'कामकला' कहा जाता है। बह्वृचोपनिषद् में चित् शक्ति को आदि सृष्टि की सर्जक मानकर उन्हीं को कामकला या शृंगारकला कहा गया है। (देखिए बह्वृ. 1)। इससे एक परमात्मा की बहुत होने की कामना और तदनुसार जगत् का सर्जन ही कामकला है, ऐसा प्रमाणित होता है। इसी चित् शक्ति को शृंगारकला भी इसलिए कहा जाता है कि इसके मन्त्र के पहले शृंगस्वरूप अकार-उकार-मकार वाला ॐकार बोला जाता है।

कामधेनु–इच्छित वस्तु को देने में कामधेनु भी प्रसिद्ध है। यह स्वर्ग की गाय है। वह इष्टफलदात्री है। स्वर्ग की इस गाय को कामधेनु और सुरभि भी कहते हैं। श्वेतवर्णा चतुर्वेदरूप चार पाद वाली, चार पुरुषार्थरूपी चार स्तनों वाली, मोक्षरूप दुग्धधारा वाली, शिव के नन्दी की माता यह कामधेनु है (गो.पू.ता. 25)। यह भी कल्पवृक्ष की तरह समुद्रमन्थन से ही उत्पन्न हुई है। साधना के क्षेत्र में गायत्री को भी कामधेनु कहा गया है।

कामबीज–तन्त्र-ग्रन्थों में कामबीज को कामनापूर्ति करने वाला बीजमन्त्र बताया गया है। इसे मूलमन्त्र भी कहते हैं। अत: विशिष्ट प्रयोजनों के निमित्त उनके लिए निर्धारित मन्त्रों के साथ ह्रीं, क्लीं आदि बीजमन्त्र लगाते हैं। इससे मन्त्रों में बड़ी शक्ति उत्पन्न होती है और यथाशीघ्र वांछनापूर्ति करने में बड़ी सहायता मिलती है। गोपालपूर्वतापिनी में 'क्लीं' को कामबीज कहा गया है। (गो.पू.ता. 12.13)

कामेश–समस्त कामनाओं का नियन्त्रक ब्रह्म। वही षडैश्वर्य से सम्पन्न भगवान् है। वे ही निष्काम उपासक को ब्रह्मपद (परमपद) की प्राप्ति करवा देते है (त्रिपुरातापि. 1)। अजरा, पुराणी महत्तरा चित् शक्ति भी उनके साथ होती है।

कामेश्वरी–कहीं-कहीं सच्चिदानन्दघन परमात्मा को 'कामेश्वरी देवता' भी कहा गया है। भावनोपनिषद् में शरीर में श्रीचक्रत्व के कारणों का विवेचन करते हुए अव्यक्त, महत्तत्व, अंहकार, कामेश्वरी, वज्रेश्वरी तथा भगमालिनी को आन्तरिक त्रिकोण के अग्रभाग में स्थित देवता कहा गया है (देखिए भावनोपनिषद् 2)।

कालाग्नि–सर्वविनाशक अग्नि कालाग्नि है। प्रलयकालीन अग्नि ही कालाग्नि है। रुद्र को भी कालाग्नि कहा गया है, क्योंकि वे संहार के देव हैं। पंचमुखी रुद्राक्ष को भी कालाग्नि कहा गया है। इसे संवर्तक भी कहा गया है (का.रु. 1)।

कालातीत–काल से परे। ब्रह्म कालातीत है। गणपत्युपनिषत् में गणपति को 'कालत्रयातीत' कहा है (गण. 6)। निर्गुण निर्विशेष ब्रह्म किसी भी सांसारिक प्रत्यय से परे है, वह अनिर्वचनीय है, वह अवाङ्मनसगोचर है। काल भी एक जागतिक प्रत्यय है। निर्गुण ब्रह्म उससे भी परे है वह विश्वातीत है इसलिए कालातीत है। ब्रह्म के अतद्व्यावृत्तिरूप निर्गुणत्व के वर्णन में असंख्य बार सर्वातीत ब्रह्म कहा गया है।

कुण्डलिनीशक्ति–यह योग वर्णित अतिमहत्त्व की महाशक्ति है। इसके जागने से मनुष्य रिद्धि-सिद्धियों का स्वामी बन जाता है। उसे परमात्मा की पराशक्ति कहते हैं। वह प्रत्येक जीव में सुषुप्तावस्था में रहती है। वह मनुष्य-शरीर में मेरुदण्ड के नीचे गुदा और उपस्थ के बीच में स्थित मूलाधारचक्र में कुण्डली मारकर सर्पिणी की तरह अवस्थित है। तन्त्रसार उसे देवी कहता है। वह मूलाधार चक्र में सूक्ष्म रूप में रहती है। योगानुसार शरीर में छह चक्र माने गए है। उनमें कुण्डलिनी मूलाधार चक्र में स्वयंभूलिंग में साढ़े तीन चक्कर लगाकर सर्पिणी की तरह विद्यमान है। करोड़ विद्युत्प्रभा-सी तेजस्वी उदीयमान सूर्य जैसी प्रकाशित कुण्डलिनी का ध्यान करके साधक प्राणायाम द्वारा प्राणमन्त्र पढ़ता हुआ उसे जाग्रत् करके शुभ शान्ति प्राप्त करता है। (शब्दकल्पद्रुम, खण्ड 2, पृ. 140)। विवेकमार्तण्ड में कुण्डलिनी का सुन्दर विवेचन है। यह योगियों के लिए मोक्ष का और अनभिज्ञों के लिए बन्धन का कारण बनाती है। वह वलयाकार में कन्दस्थल के नीचे की नाड़ियों के गुच्छ के ऊपर अपने मुँह से ब्रह्मरन्ध्र का द्वार ढँके हुए सुप्तावस्था में है। साधक हठयोगादि साधनों से उसे जगाकर ब्रह्मरन्ध्र के ताले को उस चाभी से खोलता है (विवेकमार्तण्ड 52-56)। जाबाल-दर्शनोपनिषत् (4.11) में नाभि से दो अंगुल नीचे, अष्टप्रकृतियुक्त कुण्डलिनी शक्ति रहती है ऐसा वर्णन है। महायोगविज्ञान में भी योगिनी तन्त्र में भी कुण्डलिनी जागरण का फल बताया गया है।

कूटस्थ–शिखरस्थ या गुप्तस्थ को कूटस्थ कहते है। अन्तर्व्याप्त, अन्तर्यामी, परमेश्वर, जीवात्मा, सर्वोपरिस्थ, अचल, अविनाशी इत्यादि इसके वाचक अनेक शब्द हैं। न्यायदर्शन अजन्मा परमात्मा को कूटस्थ कहता है। सांख्य का कूटस्थ परिणामरहित पुरुष है। वह तीनों अवस्थाओं में एक समान और निर्लिप्त ही है। शाक्त लोग शिव को कूटस्थ कहते हैं। कूटस्थ जीवात्माओं का समष्टिगत रूप है। जड प्रकृति से परे अव्यक्त पुरुष कूटस्थ है। गीता क्षर से परे अक्षर को कूटस्थ कहती है। उपनिषदों में ब्रह्म से लेकर चींटीपर्यन्त सभी प्राणियों की बुद्धि में रहने वाला, उनके सभी देहों का नाश होने पर भी रहने वाला 'कूटस्थ' है (सा.सा. 10)

कृच्छ्र-चान्द्रायण–कृच्छ्र अर्थात् कष्टसाध्य। शारीरिक तप, कठिन प्रायश्चित्त आदि इसके अर्थ है। चन्द्रकलाओं के साथ जो कष्टसाध्य तप, किया जाता हो, वही कृच्छ्र-चान्द्रायण है। प्रायश्चित्त और धर्मसंचय का यह व्रत है। इसमें चन्द्रकलाओं के घटने-बढ़ने पर घटता-बढ़ता भोजन लिया जाता है। इस व्रत के यवमध्य और पिपीलिकामध्य यें दो प्रकार हैं। मनु. 19.27, याज्ञ.स्मृ. 3.323, वसिष्ठस्मृ. 27.21, बौधा.धर्म.सू. 4.5.18 आदि में इस व्रत के यवमध्य प्रकार को बताया गया है कि शुक्ल पक्ष में बढ़ती चन्द्रकलाओं के साथ प्रतिपदा को एक,

दूज को दो—इस प्रकार बढ़ते-बढ़ते पूर्णिमा को 15 ग्रास भोजन किया जाता है, फिर कृष्णपक्ष में घटती चन्द्रकला के साथ ग्रासों को क्रमशः प्रतिदिन घटाते-घटाते चतुर्दशी को एक ग्रास तथा अमावास्या को उपवास (निराहारत्व) किया जाता है। पिपीलिकामध्य रीति में कृष्णपक्ष की प्रतिपदा से व्रतारम्भ करके प्रथम दिन में चौदह ग्रास लिए जाते हैं और प्रतिदिन घटाते-घटाते कृष्णचतुर्दशी को एक ही ग्रास लिया जाता है और अमावास्या निराहारी होती है। फिर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को एक ग्रास लेकर क्रमशः बढ़ाते-बढ़ाते पौर्णमासी को पन्द्रह ग्रास लिए जाते हैं। आश्रमोपनिषत् (4) में इस व्रत के आचरण के अधिकारी बताए गए हैं।

कैवल्य–उपाधिरहित केवल चैतन्य की स्थिति 'कैवल्य' है। विवेक शक्ति के उदय होने पर मनुष्य का अहंकार सहज की मिट जाता है। फिर कर्तृत्व अथवा सुख-दुःख कुछ नहीं होता और कारणाभाव में कार्यरूप रागद्वेष, धर्माधर्म कुछ भी नहीं रहता। धीरे-धीरे प्रारब्ध के नष्ट होने पर अविद्या के अभाव से संस्कारों का भी अभाव होता है और आत्मा केवल अपने 'चित्' स्वरूप में स्थित रहता है। यही 'कैवल्य' है (देखिए पातंजलयोगसूत्र 4.34)। इसी को सांख्य आत्यंतिकनिवृत्ति कहता है। अध्यात्मोपनिषद् (16) में भी कैवल्य का विवेचन दिया गया है।

क्रतु–यज्ञ, अश्वमेध तथा विवेक, प्रज्ञा, संकल्प, इच्छा आदि इस शब्द के अर्थ है। छान्दोग्योपनिषद् (3.14.1) में परमपुरुष को 'क्रतुमय' कहा गया है। उपनिषदों में कहा गया है कि—छन्द, यज्ञ, क्रतुविशिष्टयज्ञ, व्रत आदि सब वेदवर्णितों का अधिष्ठाता वह मायावी पुरुष है (श्वे. 4.9)।

क्षेत्रज्ञ–शरीर क्षेत्र का ज्ञाता, सर्वसाक्षी अथवा जीवात्मा को भी क्षेत्रज्ञ कहते हैं। इसे आत्मा और परमात्मा के पर्यायरूप में प्रयुक्त देखा जाता है। शरीर में प्रकाशमान चैतन्य क्षेत्रज्ञ है (स.सा. 8)। उसी का अंश जीवात्मा है। वह प्रत्येक शरीर में है (मैत्रा. 2.5)। शरीर 'क्षेत्र' है तो शरीर को जानने वाला 'क्षेत्रज्ञ' है। गीता का क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ विभाग इसका पूरा विवेचन करता है।

क्षेत्रपाल–तैंतीस कोटि में यह भी एक देवता है। वह क्षेत्ररक्षक–खेत का रखवाला करने वाला देव है। इसके 49 भेद किए गए हैं। अजर, आपकुन्त आदि उनके नाम हैं। कार्तवीर्य को भी क्षेत्रपाल कहते है (मत्स्यपुराण 43.27, आत्मपुराण 94.24)। गृह-रक्षार्थ भी क्षेत्रपाल का आवाहन किया जाता है। क्षेत्रपाल तीन नेत्रों वाले, नीलगिरि से वर्ण वाले, सिर पर चन्द्र और जटावाले, गदा-कपाल-पुष्पमाला-गन्धवस्त्र लिए चार हाथों वाले, कानों में सर्पकुण्डल पहने हुए होते हैं। सभी पुण्य क्षेत्रों में एक क्षेत्रपाल होते है। कुमाऊँ क्षेत्र में स्वयंभू क्षेत्रपाल की विशाल मूर्ति है। ये बल-बुद्धि-तेजोदायक देव हैं।

ख

खेचरी मुद्रा–चित्तशोधन के लिए की जाने वाली यौगिक मुद्राओं में से यह एक है। इसमें जीभ को उलट कर कपालकुहर में प्रविष्ट कर दृष्टि को भौहों के बीच स्थिर किया जाता है। इससे ध्यान स्थिर होता है। भूख-प्यास मिट जाती है। चित्त मनःशून्यता में रमण करता है (यो.त. 117)।

ग

गन्धर्व–देवों के एक भेद अथवा अर्ध देवों के रूप में गन्धर्व माने गए हैं। वे देवों के पास गाना गाते है। वे गो (वाणी) को धारण करते है। वे द्युस्थानीय और अन्तरिक्ष-स्थानीय होते हैं। द्युस्थानीय गन्धर्व दिव्य गन्धर्व कहे जाते हैं। वे सोमरक्षक, चिकित्सक, सूर्याश्वों के वाहक और ज्ञान के प्रकाशक हैं। अन्तरिक्ष-स्थानीय गन्धर्व नक्षत्र-प्रवर्तक और सोमरक्षक होते हैं। उपनिषदों तथा ब्राह्मण-ग्रन्थों में उनके देवगन्धर्व और मनुष्यगन्धर्व ऐसे भी भेद किए गए हैं। दिव्य और मर्त्य भेद भी मिलते है। कहीं-कहीं तो गन्धर्वों के बारह भेदों का उल्लेख भी मिलता है। (अग्निपुराण)।

गरिमा–योग की आठ सिद्धियों अणिमादि में से एक। जिसके द्वारा मनुष्य अपना भार बहुत बढ़ा सकता है।

गायत्र–गायत्री मन्त्र का जप करने वाले ब्रह्मचारी को 'गायत्र' कहते हैं। (आश्रमोपनिषद् 1)

गायत्री–गायत्री प्राणों का त्राण करने वाली है। वही प्राणस्वरूप है (शत.ब्रा. 1.3.5.15)। गायत्री को प्राण, तेज, ब्रह्मवर्चस् आदि भी कहा गया है। देखिए—शत.ब्रा. 1.8.13.2, तै.सं. 3.2.9.3 और मै.ब्रा. 4.3.1। आठ-आठ अक्षरों वाले तीन चरणों से बने छन्द को गायत्री कहा गया है। वह सर्वोत्तम छन्द माना गया है (जै.ब्रा. 2.227)। त्रिसंध्या में गायत्री जप का विधान है। वह ब्रह्मा-विष्णु-महेश—तीनों शक्तियों का रूप माना गया है (स्कन्दपुराण, काशीखण्ड, 4.9.58)। उसे वेदमाता, देवमाता, विश्वमाता कहा गया है। उसकी उपासना से अभ्युदय और निःश्रेयस दोनों की प्राप्ति होती है (अथर्व. 19.71.1)।

गार्हपत्य–यज्ञ संस्कृति के समय जो तीन प्रकार के अग्नि घर में प्रतिष्ठापित किए जाते थे, उनमें से एक। वह अग्नि विवाह के बाद घर में गृहस्थाश्रम काल तक रखा एवं पूजा जाता था।

गुरु–गायत्री मन्त्र का उपदेष्टा, अध्यात्मविद्या का प्रदाता, दीक्षा देने वाला, पढ़ाने वाला—ये सब 'गुरु' कहलाते है। हमारी संस्कृति में गुरु का बड़ा महत्त्व और सम्मान है। संस्कार कराने वाला विप्र भी गुरु कहलाता है (मनु. 2.142)। इस प्रकार माता, पिता, अध्यापक, पुरोहित, दीक्षा देने वाला, ज्ञान देने वाला, विप्र—ये सब गुरु हैं। पति, अतिथि और ब्राह्मण भी गुरु हैं। चाणक्यनीति में अच्छे गुरु के लक्षण बताए गये हैं। उपनिषदों के अनुसार ब्रह्मप्राप्ति कराने वाले ही गुरु हैं। इस मुख्य गुरु की प्रशंसा और मान-सम्मान के लिए गुरुग्रन्थसाहिब और कबीर आदि सन्तों ने भी बहुत कुछ लिखा एवं कहा है।

गुरुकुल–प्राचीन काल में यज्ञोपवीत धारण करने के बाद बालक ब्रह्मचर्याश्रम में प्रवेश करके विद्या-प्राप्त्यर्थ पच्चीस वर्ष तक गुरु-गृह में निवास करता था और शहर के या गाँव के बाहर एकान्त स्थल में अन्य अनेक विद्यार्थियों के साथ गुरु उसे पढ़ाते और शिक्षा देते थे। उस स्थान को गुरु-कुल कहा जाता है।

गृहस्थ–प्राचीन ब्रह्मचर्यादि चार आश्रमों में दूसरा गृहस्थ-आश्रम है। इसमें ब्रह्मचर्याश्रम के बाद व्यक्ति विवाहादि करके शास्त्रविहित धर्म-कार्यों को करते हुए करीब 25 वर्षों तक रहता है। इस आश्रम में कामनाओं की पूर्ति की जाती है। व्यक्ति इसमें अपनी पत्नी एवं परिवार का भरण-पोषण करता है और पाँच ऋणों से मुक्त होता है। आश्रमोपनिषद् में गृहस्थों के चार भेद किए गये हैं।

गृह्यसूत्र–वैदिक पद्धति में गृह्यसूत्र उन शास्त्रों का नाम है, जिनमें गृहस्थों के लिए सभी सोलह संस्कारों और अन्य कर्तव्यों का निर्देश किया गया है। वे धर्मशास्त्रीय, व्यावहारिक वर्तन एवं नीति सम्बन्धी ग्रन्थ हैं। ब्राह्मण-आरण्यक युग के बाद आए सूत्र-ग्रन्थों की ये रचनाएँ हैं। आजकल लगभग ऐसे गृह्यसूत्र और धर्मसूत्र मिलते हैं। अन्य सूत्र-ग्रन्थों में श्रौतसूत्र और शुल्वसूत्र आते हैं।

ग्रह-नक्षत्र–आकाशमण्डल के तारे, जो अपने सौरमण्डल में सूर्य की परिक्रमा कर रहे हैं, वे 'ग्रह' कहलाते हैं। फलित ज्योतिष के अनुसार सौरमण्डल में नौ ग्रह हैं। किसी बड़े ग्रह के साथ उपग्रह भी हैं। वे उपग्रह अपने ग्रह की परिक्रमा करते हैं। और नक्षत्र वे हैं, जो सूर्य-मण्डल से बहुत दूर दिखाई देते हैं। वे चन्द्र सापेक्ष हैं। चन्द्र पृथ्वी की परिक्रमा 27 दिनों में पूरी करता है, इसलिए नक्षत्रों को भी सत्ताइस भागों में बाँटा गया है।

घ

घोर संन्यासिक–गृहस्थों के चार प्रकार किए हैं–यायावर, वार्ताकवृत्ति, शालीनवृत्ति और घोर संन्यासी। इनमें घोर संन्यासी उसे कहा जाता है, जो पवित्र व्रत द्वारा दैनिक कार्य सम्पन्न करते हुए खेतों के बचे दानों से आजीविका चलाता है। अकिंचन रहता हुआ वह सौ वर्ष तक यज्ञिय

जीवन जीते हुए साधना करता है (आश्रमोपनिषद् 2)।

च

चतुराश्रम–मानव-जीवन के चार विभाग हमारी संस्कृति में किए गए हैं। वह भारतीय जीवन की एक पद्धति है। आयु के 100 वर्ष निर्धारित करके 25-25 वर्षों के चार विभाग करके ये जीवन-पद्धति बनाई गई है। पहले पचीस वर्ष ब्रह्मचर्याश्रम, दूसरे पचीस वर्ष गृहस्थाश्रम, तीसरे पचीस वर्ष वानप्रस्थाश्रम और चौथे पच्चीस वर्ष संन्यासाश्रम पालन का विधान है।

चतुर्दश-भवन–सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में चौदह भुवन (लोक) माने गए हैं। सात ऊपर हैं, सात नीचे हैं। ऊपर के लोकों को स्वर्गलोक और नीचे के लोकों को अधोलोक या पाताललोक कहते हैं। ऊपर के लोक—भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्य हैं और नीचे के लोक ये हैं—अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल और पाताल।

चतुर्युग–भारतीय काल गणना के अनुसार कालचक्र को चार युगों में विभाजित किया गया है—1. सत्युग, 2. त्रेतायुग, 3. द्वापर और 4. कलियुग। इन युगों के वर्ष भी निश्चित किए गए है। सत्युग सबसे लम्बा और कलि सबसे छोटा है। चारों युगों की कुल वर्ष संख्या तैतालीस लाख बीस हजार वर्षों की होती है, उसे चतुर्युग या चतुर्युगी कहते हैं।

चतुर्वर्ण–मानव समाज को गुण-कर्म के अनुसार चार विभागों में बाँटा गया है—(1) अध्ययन-अध्यापन, धार्मिक क्रियाएँ करने-कराने वाले पवित्र लोग ब्राह्मण हैं, (2) अपने या बाहर से आए हुए आक्रमणों से प्रजा का रक्षण करने वाले क्षत्रिय हैं, (3) खेती, व्यापार, व्यवसाय आदि से देश की धन-सम्पत्ति बढ़ाने वाले वैश्य हैं और (4) इन सभी वर्णों की शारीरिक सेवा करने वाले शूद्र हैं।

चतुर्व्यूह–चार पदार्थों का अथवा चार मनुष्यों का समूह चतुर्व्यूह कहा जाता है। जैसे राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न अथवा कृष्णबलदेव-प्रद्युम्न-अनिरुद्ध कहा जाता है कि सृष्टि के कार्य के लिए भगवान् ने वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध—इन चार रूपों में अवतार लिया था। अतः उन्हें चतुर्व्यूह कहते हैं (देखिए मुद्गलोपनिषद् 4)।

चमस–सोमयाग करने या सोमरस का वितरण करने वाला एक यज्ञपात्र, जो उदुम्बर, पलाश, खदिर आदि की लकड़ी से चम्मच की आकृति का बनाया जाता था। यज्ञ की पूर्णाहुति देने में भी उसका उपयोग होता था। सभी ऋत्विजों के चमस के अलग-अलग नाम भी दिए गए हैं जैसे उद्गाता का 'उद्गात्' चमस आदि।

चरु–हविष्यान्न बनाने का पात्र 'चरु' है (ऋग्. 1.7.6, अथर्व. 9.5.6)। पात्रवाचक 'चरु' शब्द का बाद में इतना अधिक प्रयोग हुआ कि उसमें पकाए गए हविष्यान्न को भी लोग चरु ही कहने लग गए। इस चरु को बनाने की विस्तृत विधि कात्यायन श्रौतसूत्र (4.1.67) में देखी जा सकती है।

चातुर्मास्य–एक श्रौत याग जो चार महीनों में पूरा किया जाता है। वसन्त-शरद में नए अन्न की जो इष्टि की जाती है, उसे 'आग्रयण' कहते है। वैदिक कल्प के अनुसार वर्ष के चार-चार मास के मुख्य तीन मौसमों में चातुर्मास्य याग किया जाता है। फाल्गुनी, आषाढी और कार्तिकी पूर्णिमाओं में वह सम्पन्न किया जाता है। (देखिए शत.ब्रा. 2.6.3.1, 1.6.3.36 और 2.6.4.9)।

चाक्षुषी विद्या–उपनिषदों में अनेक रहस्यमयी विद्याओं का उल्लेख है, जो आज अगम्य हो गई हैं। उन विद्याओं में कुछ भौतिक अभ्युदय करने वाली हैं तो ज्यादातर आध्यात्मिक कल्याण करने वाली हैं। विद्याओं की फलश्रुति तो मिलती है पर विधि-प्रक्रिया नहीं मिलती। ऐसी ही एक 'चाक्षुषी विद्या' भी है, जो चाक्षुषोपनिषद् में वर्णित है। इसको चाक्षुष्मती विद्या भी कहते हैं। नेत्ररोगों को दूर करने के लिए चाक्षुषोपनिषत् में वह कही गई है। यहाँ इस विद्या की उपासना-विधि भी बताई गई है। अहिर्बुध्न्य ऋषि, गायत्री छन्द और सूर्य देवता वाली इस विद्या का विनियोग नेत्ररोग के निवारणार्थ होता है। अक्ष्युपनिषत् में भी यह विद्या बताई है, लेकिन चाक्षुष विद्या के मन्त्रों से यहाँ कुछ पाठ-भेद हैं। अक्ष्युपनिषत् (प्रथमखण्ड) में इस विद्या का फल बताया गया है। चाक्षुषोपनिषत् को ही चाक्षु-रुपनिषत्, चक्षूरोगोपनिषत्, नेत्रोपनिषत् आदि भी कहते हैं।

चित्त–अन्तःकरण के मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार—ये चार भेद हैं। उनमें चित्त का कार्य परस्परानुसंधान करना, स्मृति रखना आदि है। पतंजलि के अनुसार तो मन, बुद्धि और अहंकार तीनों मिलकर एक चित्त बनता है। योग-दर्शनानुसार चित्त की प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृति—ये पाँच वृत्तियाँ होती हैं और क्षिप्त, मूढ, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध—ये पाँच भूमियाँ है। मैत्रायण्युप. 4.3-5 तथा 4.1 में और महोपनिषत् 4.66 में चित्त के स्वरूप, महत्ता और शान्ति के विषय में बताया गया है।

चित्तशुद्धि–चित्त का पूर्णतः मलरहित होना ही आत्म-साक्षात्कार की पूर्व शर्त है। यह चित्तशुद्धि वेद-विहित कर्माचरण से होती है अर्थात् निष्काम कर्माचरण से चित्तशुद्धि होती है।

चिदात्मा–परमात्मा सत्, चित्, आनन्दस्वरूप है। चित् का अर्थ चैतन्य और आनन्द का अर्थ परम सुख होता है। परमात्मा का स्वरूप चैतन्यमय होने से उन्हें चिदात्मा कहते है। वह चित् (चैतन्य) सघन होने से उसे चिद्घन कहते हैं। वही चित् उनमें पूर्णतः भरा होने से उन्हीं को चिन्मय भी कहते हैं। वह चित् (चैतन्य) ही परम सुख (परमानन्द) होने से उन्हें चिदानन्द कहते हैं। (अध्यात्मो. 61, आत्मोपनिषद् 1-4, ब्रह्मविद्योपनिषद् 19)।

छ

छन्द–अक्षरगणनानुसार वाक्य के किए जाने वाले भेद को छन्द कहते हैं। इन्हीं छन्दों ने ऋषियो के अन्तःकरण में प्रस्फुटित मन्त्रों को मूर्त रूप देने का कार्य किया। गायत्री, त्रिष्टुभ्, अनुष्टुप्, जगती, उष्णिक्, बृहती, पंक्ति—ये सात उनके भेद हैं। फिर एक-एक भेद के आर्षी-दैवी-आसुरी आदि आठ-आठ भेद किए गए हैं। अक्षरमेल और मात्रामेल—ये भी छन्द के भेद हैं। छान्दोग्य. 1.4.2 में छन्द की व्युत्पत्ति बताई है। देवों का आच्छादन करने से वे छन्द कहलाए।

ज

जगत्–परमात्मा की बनाई दुनिया। यह सब दृश्य-मान जड़-चेतन जगत् है। शंकर जगत् को मिथ्या मानते हैं और रामानुज जगत् को ईश्वर का शरीर मानते हैं। जगत् त्रिगुणात्मक एवं अग्निषोमात्मक कहा गया है। (शत.ब्रा. 4.5.9.8 एवं बृ.जा. 27)।

जड़-चेतन–गतिशील या वृद्धिशील प्राणी चेतन है, निश्चेष्ट पदार्थ जड़ हैं। इन्हें ही स्थावर-जंगम कहा गया है। अचर और चर भी क्रमशः ये ही हैं।

जरा–बूढ़ापन, जिसमें शरीर जीर्ण या क्षीण होता जाता है, यह प्रायः 50 साल के बाद की अवस्था होती है।

जरायुज–चार प्रकार के प्राणी हैं—अण्डज, स्वेदज, उद्भिज और जरायुज। जो प्राणी जरायु से जन्म लेते है उन्हें 'जरायुज' कहते है, जैसे—मनुष्य, पशु आदि।

जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति–व्यक्ति का जीवन इन तीन अवस्थाओं में से गुजरता रहता है। अधिकांश जाग्रदवस्था में ही गुजरता है। उसमें वह ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों से काम करता हुआ सुख-दुःख का और कर्तृत्व-भोक्तृत्व का अनुभव करता है। सोया हुआ मनुष्य अचेतन मन की सक्रियता से भीतर में स्वप्न देखता है। बाह्य नहीं अपितु सूक्ष्म शरीर तब सक्रिय रहता है और उसमें वह सुख-दुःखादि का अनुभव करता है। सुषुप्तावस्था गाढ निद्रा की अवस्था है। इसमें स्थूल-सूक्ष्म दोनों शरीर निष्क्रिय होते हैं।

जातवेदा–अग्नि का नाम है। कहीं-कहीं सूर्य को भी जातवेदा कहा है। इस शब्द का उल्लेख

कठोपनिषद् (2.1.8) एवं केनोपनिषद् (3.3) में किया गया है।

जालन्धरबन्ध–हठयोगानुसार शरीरगत वायु को नियन्त्रित करने के लिए कुछ बन्ध किए जाते है, उनमें एक जालन्धरबन्ध भी है। कण्ठ का आकुंचन करके ठोड़ी को कण्ठकूप में दृढ़तापूर्वक इस तरह स्थापित किया जाए कि ठोडी का अन्तर मात्र चार अंगुल का रह जाए और सीना आगे की ओर तना हो। कण्ठक्षेत्र के सभी नाडी-जाल को बाँधकर उस प्रदेश की सभी विकृतियों को इस तरह दूर करने से जालन्धरबन्ध होता है।

जितेन्द्रिय–सभी इन्द्रियों को वश में रखने वाला। अध्यात्म-मार्ग में इन्द्रिय-संयम की बड़ी महिमा है। मन को स्थिर बनाने में यह अनिवार्य है।

जीव–अविद्या (माया) से अवच्छिन्न चैतन्य को 'जीव' कहा जाता है।

जीवन्मुक्त–भारत में मानव-जीवन का परम लक्ष्य 'मोक्ष' या 'मुक्ति' है। ब्रह्म का साक्षात्कार (जान लेना) ही वह मुक्ति है। वह मुक्ति अविद्या की आवरण-विक्षेप शक्तियों को दूर करने से होती है। श्रवण-मननादि से आवरण का नाश होता है और ब्रह्म-साक्षात्कार होता है। वास्तव में तो जीवात्मा शुद्ध-बुद्ध-मुक्त स्वभाव वाला ही है। पर भ्रम से ही वह बद्ध दीखता है। गुरूपदेशादि से भ्रम के टूट जाने से वह प्राप्त की ही प्राप्ति करता है। यही मुक्ति है। मिली हुई-सी उस मुक्ति के आनन्द में डूबा हुआ साधक सांसारिक बातों से ऊपर उठकर प्रसन्नता से जीता है, उसे 'जीवन्मुक्त' कहा जाता है। इसके अतिरिक्त मृत्यु के बाद मुक्त होने वाले को 'विदेहमुक्त' कहते हैं। ये मुक्तात्मा हैं।

ज्ञान–सामान्य रूप से ज्ञान का अर्थ जानकारी होता है, पर दार्शनिक दृष्टि से इसका अर्थ है—यथार्थ अनुभव और वह भी परमतत्त्व का। अर्थात् ब्रह्म का साक्षात् अनुभव ही सच्चे अर्थों में ज्ञान है।

ज्ञान-भक्ति-कर्मयोग–गीतोक्त योग के ये तीन मुख्य विभाग हैं। योग का अर्थ 'परमात्मप्राप्ति' है। परमात्मा की सर्वव्यापकता का अनुभव ज्ञानयोग है; श्रद्धा, भक्ति, प्रेम से परमात्मा से जुड़ जाना भक्तियोग है और परमात्म-प्रीत्यर्थ निष्काम कर्माचरण करके उसे पा लेना कर्मयोग है। गीता में कर्मयोग की महत्ता (5.2) कही गई है।

ज्ञान-विज्ञान–यथार्थ ज्ञान के बिना मुक्ति नहीं होती। ज्ञानप्राप्ति गुरुसेवा-प्रणिपात-परिप्रश्न से होती है। ज्ञान की महिमा गीता 4.38, 4.33, 4.36, 4.37, 4.39 आदि में बहुत बार बताई गई है। और 'विज्ञान' का अर्थ विशिष्ट ज्ञान है। अर्थात् किसी विषय के तत्त्वों और सिद्धान्तों का क्रमबद्ध संगृहीत ज्ञान 'विज्ञान' कहलाता है।

ज्ञानवैराग्य संन्यासी–ज्ञानवैराग्य संन्यासी वह है, जो क्रमशः सभी शास्त्रों का अभ्यास करके, समस्त अनुभव प्राप्त करके ज्ञान तथा वैराग्य के तत्त्वों को अच्छी तरह समझकर देहमात्र को अवशिष्ट मानकर संन्यास ग्रहण करता है। (संन्यासो. 2.21)।

ज्ञान संन्यासी–ज्ञान संन्यासी वह है, जो शास्त्र-ज्ञान प्राप्त कर सांसारिक सद्गुणों और दुर्गुणों का अनुभव करके प्रपंच से उपरत होकर शरीर, शास्त्रों और लोक वासनाओं का परित्याग करके संसार की समस्त प्रवृत्तियों को वमन किया अन्न मानकर चारों साधनों से युक्त होकर संन्यासधर्म स्वीकार करता है। (संन्यासो. 2.20)

ज्ञानाग्नि–जीवन्मुक्त स्थिति में उसके ब्रह्मसाक्षात्कार होने पर ज्ञानरूपी अग्नि से उसके सभी संचित कर्म जल जाते है, ऐसा कहा है। (गी. 4.19, मुण्डक 2.2.8)। यह ज्ञान केवल जानकारी नहीं, अपितु पर साक्षात्कार (अनुभव) है।

ज्ञानेन्द्रियाँ–विषयों का ज्ञान कराने वाली पाँच इन्द्रियों—आँख, कान, नाक, जिह्वा और त्वगिन्द्रिय।

त

तद्वन–केनोपनिषत् के चौथे खण्ड के छठे मन्त्र में इस शब्द का प्रयोग किया गया है। शंकराचार्य ने 'तद्वन' शब्द का अर्थ 'ब्रह्म' किया है। तत् = उस

(प्राणिसमूह) का वन = भजनीय जो है, वह तद्वन है। सभी का वह भजनीय इसलिए है क्योंकि वह सब का प्रत्यगात्मस्वरूप है—शंकर ने ऐसा अर्थ किया है। क्योंकि ब्रह्म की उपासना सम्भव न होने की पूर्वाकांक्षा के उत्तर में यह शब्द आया है। 'वन' शब्द का अन्य अर्थ 'जल' भी है। वह ताप (हृदयताप) को शान्ति देता है। तैत्तिरीयोपनिषद् (2.7) में उसे 'रस' कहा गया है।

तनुमानसी–अक्ष्युपनिषद् में बताई गई सात भूमिकाओं में तीसरी भूमिका है।

तप–विषयों (राग) से शरीर-मन को दृढ़तापूर्वक मुक्त करके उसे योग के लिए सज्ज बनाना ही 'तप' कहलाता है। शरीर और मन का संयम करके उनकी शक्तियों को ऊर्ध्वगामी करना भी तप है। 'तप' से असाधारण शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। तप कायिक-वाचिक-मानसिक—तीन प्रकार का होता है। देवादि की सेवा कायिक तप है, शास्त्राध्यनादि वाचिक तप है और भावशुद्धि आदि मानसिक तप है। श्रद्धापूर्वक निष्कामकर्माचरण सात्त्विक तप है। इस तरह सात्त्विक, राजस और तामस—ये तीन प्रकार के तप भी हैं। उपनिषदों में तप और स्वाध्याय में प्रमाद नहीं करने की बात कही गयी है (तैत्ति. 1.9)। तप की महिमा और फल तथा कर्तव्यता आदि को मुण्डक 1.1.8, तैत्ति. 3.2, मैत्रा. 4.3 आदि में बताया गया है।

तारकब्रह्म-तारकमन्त्र–अथर्वशिखोपनिषद् कहती है कि जो समस्त भयों एवं दुःखों को दूर कर दे वही 'तारक' है (2.1)। अथर्वशिर उपनिषद् (49) कहती है कि—जिस तारक मन्त्र के उच्चारण से ही गर्भ-जन्म-जरा-मरण और संसार के अन्य भयों से मुक्ति मिले वह 'तारक मन्त्र' है। अद्वयतारकोपनिषद् में तो तारकमन्त्र का विस्तार से वर्णन किया गया है। उसमें तारकयोग का स्वरूप भी अच्छी तरह बताया गया है। अद्वयतारक (2) में तारकब्रह्म को प्रत्यगात्मा माना है (ब्रह्मयोगी-व्याख्या)। षडक्षर मन्त्र का ॐकार भी तारकमन्त्र माना गया है।

तुरीय-तुरीयातीत–प्राणियों की जाग्रदादि चार अवस्थाओं में अन्तिम अवस्था। यह चौथी मोक्षावस्था है। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति की उत्पत्ति और लय को जानने वाला, स्वयं उत्पत्ति-नाश से रहित, जो नित्य साक्षी चैतन्य है, वही 'तुरीय' है और उस अवस्था को भी तुरीय कहते है। (स.सा. 4, ना.प. 5.1)। उस चौथी तुरीय अवस्था को जीतने वाले संन्यासियों को तुरीयातीत कहते हैं। परब्रह्म को भी तुरीयातीत कहा गया है। (बृ.उ. 5.14.3 तथा ना.प. 6.1)।

तैजस–सृष्टिविकास-क्रम में कारणरूप ईश्वर की इच्छानुसार सृष्टि के सर्जन-संकल्प के साथ ही सृष्टि-प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इसी क्रम में सूक्ष्म तन्मात्राएँ, पञ्चभूत, ज्ञानेन्द्रियाँ, कर्मेन्द्रियाँ पञ्चप्राण आदि उत्पन्न होते हैं, बाद में पञ्चीकरण त्रिवृत्करण के आधाररूप सूक्ष्म शरीर उत्पन्न होता है। उस सूक्ष्म शरीर से उपहित चैतन्य को समष्टि के अभिप्राय से हिरण्यगर्भ और व्यष्टि के अभिप्राय से तैजस कहा जाता है।

तैंतीस देवता–'देव' शब्द विश्व की प्रकाशक कल्याणकारी शक्तियों का द्योतक है। इसे तैंतीस कोटि (श्रेणियों) में बाँटा गया है—आठ वसु, एकादश रूद्र, बारह आदित्य, एक पृथ्वी और एक द्यौ। (देखिए—शतपथब्राह्मण–4.5.7.2)।

त्रयताप-त्रिविध दुःख–ताप (दुःख) तीन विभागों में बाँटे गए हैं—(1) आधिभौतिक—जो दुःख बिच्छू, साँप आदि अन्य प्राणियों के द्वारा होते हैं। (2) आधिदैविक—जो दुःख प्रकृति से जुड़े होते हैं, जैसे—अतिवृष्टि, अकाल आदि। (3) आध्यात्मिक—जो दुःख मन से जुड़े होते हैं जैसे ईर्ष्या, द्वेष आदि।

त्रय शरीर-शरीरत्रय–शरीर भी तीन प्रकार के हैं—(1) स्थूल शरीर—दृश्यमान अंगावयवों (पञ्चभूतों) से निर्मित, (2) सूक्ष्म शरीर—अभौतिक, अमूर्त, अदृश्य पाँच तन्त्रमात्राओं, पाँच ज्ञानेन्द्रियों, पाँच कर्मेन्द्रियों और मन, बुद्धि आदि सत्रह तत्त्वों से निर्मित है। (3) कारण शरीर माया है, जो भावनाओं, इच्छाओं आदि से निर्मित है। सूक्ष्म शरीर को 'लिंग शरीर' भी कहते हैं।

त्रिगुणी-त्रिगुणमयी माया–ब्रह्म की शक्ति। इसी को माया, अज्ञान, अविद्या, अव्यक्त, प्रकृति, अलौकिक शक्ति, दैवी शक्ति, महद्ब्रह्म आदि कई नामों से कहा जाता है। तत्त्वत: न होने पर भी दिखाई देने वाली माया है। माया और ब्रह्म के योग से जगत् बना है। कृष्णोपनिषद् (4.5) में उसे त्रिगुणात्मिका कहा है। माया के ये तीन गुण सत्त्व, रजस् और तमस् हैं, जो क्रमश: शान्ति, गतिशीलता (सर्जकता) और आलस्य के प्रतीक हैं।

त्रिणाचिकेताग्नि–कठोपनिषद् में यमराज ने नचिकेता को जो यज्ञ का रहस्य बताया, वह अग्नि जिसे उन्होंने प्रसन्न होकर नचिकेता का नाम दिया था।

त्रिपाद् ब्रह्म–ईश्वर ने वामनावतार में तीन कदमों में सारे विश्व को नाप लिया था, इसलिए ईश्वर को 'त्रिपाद् ब्रह्म' कहा जाता है।

त्रिपुटी–ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान के तीन पुटों (आकारों) का समूह 'त्रिपुटी' कहा जाता है।

त्रिपुरा–प्राणिमात्र के तीनों शरीरों में विद्यमान रहने के कारण उस चित् शक्ति को त्रिपुरा, त्रिपुरा-सुन्दरी और महात्रिपुरासुन्दरी कहा जाता है। (बह्वृच. 4)।

त्रिवृत् स्तोम–'स्तोम' के स्तुति, गुणगान, यज्ञ, समूह, राशि आदि अनेक अर्थ होते है। अधिकांशत: इसका अर्थ स्तुति ही होता है। सामगान के अन्तर्गत स्तुतिपरक छन्द ही स्तोम है (जैमिनि. 1.43.6)। कालान्तर में स्तुति की विशेष पद्धति को भी स्तोम कहा जाने लगा। (तैति.सं. 3.1.24 तथा वाज.सं. 9.33.10.10 आदि) सामगायकों द्वारा यज्ञ में प्रयोजनीय तीन-तीन मन्त्रों की तीन-तीन आवृत्ति से सम्पादित अभीष्ट संख्यावाले मन्त्रसमूह को स्तोम कहते हैं।

त्रैपुर–तीन पुरों की समष्टि को त्रैपुर कहा जाता है। (स्थूल-सूक्ष्म-कारण की व्यष्टि-समष्टि मिलकर त्रैपुर होता है।)

त्र्यक्षरी विद्या–साधना के अभीष्ट-सिद्ध्यर्थ की जाने वाली विधियाँ विद्या कहलाती हैं। इनमें त्र्यक्षरी विद्या भी एक है। सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत् में त्र्यक्षरी विद्या, श्रीविद्या है। सौभाग्यलक्ष्मी प्राप्त करने के लिए विहित विद्या को ही सौभाग्यलक्ष्मी विद्या कहा गया है। सुप्रसिद्ध श्रीसूक्त इसी विद्या के अन्तर्गत है। (अधिक जानकारी के लिए देखिए, सौ.ल. उपनिषद् 1.1, 1.5, 1.11 तथा बह्वृचोपनिषद् 8 और यो.कुं. 2.23-24)।

त्र्यम्बक–तीन आँखों वाले, शंकर, महेश्वर, ईशान, रुद्र, (स्त्री. त्र्यंबका)।

द

दक्षिणा–यज्ञ करने के बाद पुरोहितों को दिया जाने वाला दान। ब्रह्मचर्य समाप्ति के समय शिष्य द्वारा गुरु को दिया जाने वाला दान। प्रत्येक धार्मिक क्रिया के बाद पुरोहितों को दान देने का विधान शास्त्रों में है (ऋ. 10.107.2)। छान्दोग्य. (3.17.4) आत्मयज्ञ को भी दक्षिणा कहता है। दक्षिणा श्रद्धापूर्वक दी जानी चाहिए। (बृह. 3.9.19)।

दक्षिणाग्नि–अग्नि के अनेक प्रकारों में से एक दक्षिणाग्नि है। वह अन्नपाचन करने वाली अग्नि है।

दक्षिणायन–सूर्य जब कर्क रेखा से मकर रेखा की ओर जाता है, तब दक्षिणायन होता है।

दमन–इन्द्रियों को वश में (संयम में) रखना। बृहदारण्यकोपनिषद् में प्रजापति ने 'द द द' का उपदेश देकर दान, दया और दमन की शिक्षा दी है। आत्मसाक्षात्कार के लिए अधिकार प्राप्त करने के लिए जो षट् सम्पत्ति बताई है उसमें दम भी एक है। दम ही दमन है। स्वाध्याय के लिए भी दमन अनिवार्य है।

दर्शपूर्णमास–यज्ञ संस्कृति में जो प्रत्येक अमावास्या के दिन यज्ञ किया जाता है उसे 'दर्श' यज्ञ कहते हैं, और जो प्रत्येक पूर्णिमा के दिन यज्ञ किया जाता है वह पौर्णमास या पूर्णमासिक यज्ञ कहा जाता है। ये नियत यज्ञ है। (तैत्तिरीय संहिता 1.6.9.3 और 2.5.6.2)। संहिताओं में इसकी तुलना देवयान मार्ग से की गई है।

दिग्बन्ध-दिग्बन्धन–अनुष्ठान यज्ञादि कार्यों में आसुरी तत्त्वों द्वारा किए जाने वाले सम्भावित विघ्नों को दूर करने के लिए अनुष्ठान (यज्ञ) स्थल की चारों दिशाओं में दैवी शक्ति के स्थापन के लिए ऋषियों ने दिग्बन्ध या दिग्बन्धन की विधि का निर्माण किया है। (लाङ्गुल. 2)

दहरपुण्डरीक–हृदयस्थ रक्तकमल जैसे प्रतीत होने वाले आकार को 'दहरपुण्डरीक' कहा है। वेदान्त भी यही कहता है (क्षुरिकोपनिषद् 10)। यही अनाहत चक्र है।

दीक्षा–संकल्पपूर्वक अनुष्ठान, अभीष्ट देवमन्त्र ग्रहण, यजन-पूजन-व्रतादि, यज्ञोपवीत संस्कार आदि। यों तो कई ग्रन्थों में दीक्षा की कई प्रकार की व्याख्याएँ मिलती हैं। प्रत्येक शुभ कार्य से पहले दीक्षा लेना अनिवार्य माना गया है। शास्त्रों में दीक्षा के लिए मुहूर्त भी निश्चित किए गए हैं। दीक्षा के अनेक प्रकार हैं, जैसे—मन्त्रदीक्षा, समयीदीक्षा, लोकदीक्षा, क्रियादीक्षा, कलादीक्षा आदि। बृहदारण्यकोपनिषद् (3.9.2) में दीक्षा की महिमा वर्णित है। कहा है कि दीक्षा सत्य में प्रतिष्ठित है। निर्वाणोपनिषद् (2.14) में तो परब्रह्म के संयोग को ही दीक्षा माना गया है।

दुख-सुख–अनुकूलवेदनीय सुख और प्रतिकूल-वेदनीय दु:ख है। सांख्यों के तापत्रय की चर्चा त्रयताप (त्रिताप) शब्द में हम कर चुके हैं। सच्चा सुख तो सच्चिदानन्दस्वरूप का अनुभव ही है। अन्य सुख विनाशी हैं।

देव-देवता–प्रधान देवता ब्रह्मा, विष्णु, और महेश क्रमश: सृष्टि के सर्जन, पालन और संहार के नियामक माने जाते हैं। 12 आदित्य, 8 वसु, 11 रुद्र और 2 द्यावा पृथिवी मिलकर 33 देवता माने गए हैं।

देवजयन–इसके तीन अर्थ होते है—1. वेदिस्थल, 2. यज्ञस्थल और 2. पृथ्वी। सामान्यत: इसका अर्थ 'देवों के लिए यज्ञक्रिया' ऐसा होता है, पर इसके वास्तविक अर्थ तो ऊपर बताए अनुसार ही हैं। शतपथब्राह्मण और कात्यायन श्रौतसूत्र में भी ऐसा ही अर्थ बताया गया है। जाबालोपनिषद् (1.1) और मनु (2.23) में भी यही अर्थ है।

देवयान–शरीर से उत्क्रमण करने के बाद परलोकगमन के दो भागों में से एक देवयान मार्ग है। देवयान से जाने वाला व्यक्ति ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। दूसरा पितृयान है, उससे जाने वाला व्यक्ति चन्द्रलोक को प्राप्त होता है। इसे अर्चिरादि मार्ग भी कहते हैं। इसका सम्बन्ध उत्तरायण, शुक्लपक्ष, दिवस आदि से है।

द्युलोक–स्वर्गलोक। अन्य अर्थों में आकाश भी होता है। यह शब्द ऋग्वेद में प्राय: 500 बार आया है।

द्रष्टा–इसका सामान्य अर्थ 'देखने वाला' होता है। पर अनेक विशेषण लगाकर अनेक अर्थ किए जा सकते हैं। हमारे ऋषियों को मंत्रद्रष्टा कहा गया है। उन्होंने मंत्रों का (ऋचाओं का) साक्षात्कार किया था। पातंजल में आत्मा को द्रष्टा और अन्त:करण को दृश्य कहा गया है। दृग्दृश्य विवेक से ही मुक्ति होती है, ऐसा वेदान्त कहता है। वेदान्त साक्षी चैतन्य को द्रष्टा कहता है।

द्वैत–जहाँ दो होते हैं वह द्वैत है। मध्वाचार्य द्वैतवादी हैं और आचार्य शंकर अद्वैतवादी हैं।

ध

धर्म-अधर्म–धर्म का सामान्य अर्थ है—'धारण करना'। दर्शनानुसार जिससे भौतिक उन्नति और आध्यात्मिक कल्याण हो, उसे 'धर्म' कहते हैं। मीमांसा में वेदविहित धर्मानुष्ठान को धर्म कहा गया है। न्याय में धर्म 24 गुणों में से एक है। गीता में वर्णाश्रम धर्म की बात कही है। स्मृतियों में दस लक्षण वाला धर्म कहा गया है। साधारण धर्म के रूप में मूल्यनिष्ठ जीवन को ही धर्म कहा गया है। इससे विपरीत परपीडनरूप उच्छृंखलता को अधर्म कहा गया है।

धर्मसूत्र–धर्म का विवेचन करनेके लिए सूत्रकाल में जो सूत्र-ग्रन्थ बने उन्हें धर्मसूत्र कहा जाता है।

उन सूत्र-ग्रन्थों में वर्णाश्रम धर्म, सदाचरण, सामान्य सर्वपालनीय सद्गुणात्मक धर्म आदि का निर्देश है। ये वेदों के 'कल्प' नामक अंग के अन्तर्गत आते हैं। श्रौत, कल्प, धर्म और गृह्य ऐसे चार प्रकार के सूत्र-ग्रन्थ हैं। आपस्तम्ब, हिरण्यकेशी, बौधायन, गौतम और वसिष्ठ—इतने धर्मसूत्र मुख्य हैं।

धाता–इसे ही 'विधाता' कहते हैं। विधान-निर्णय को करने, रचने या बनाने वाला विधाता या धाता है। ऋग्वेद में आदित्य को धाता (विधाता) कहा है (9.3.17) निरुक्त में उत्पादक को 'धाता' और आजीविकादि के प्रेरक को 'विधाता' कहा है (11.10)। मैत्रावरुण (5.8) के अनुसार परमेश्वर ही विष्णु, नारायण, अर्क, सविता, धाता, विधाता सब-कुछ है।

धारणा–अष्टांग योग का छठा अंग है। चारों ओर से चित्तवृत्तियों को हटाकर किसी एक विषय या स्थान पर स्थिर करने को धारणा कहा जाता है। (अमृतोपनिषद् 8 एवं 16; पा.यो.द. 3.1)।

ध्यान–अष्टांग योग का सातवाँ अंग। धारणा की धारावाहिता ही ध्यान है। ध्यान की पराकाष्ठा ही समाधि है।

धृति–सामान्यतः इसको धर्म के दस लक्षणों में से एक माना जाता है। अर्थ—धैर्य, धीरज धारण करना, सन्तोष, तुष्टि, मन की दृढ़ता, सोलह मातृकाओं में से एक आदि अनेक अर्थ हैं। वास्तव में जिससे मन, प्राण एवं इन्द्रियाँ वश में रहें, वही धृति है। इसके सात्त्विक, राजस और तामस रूप से तीन भेद गीता में बताए गए हैं।

ध्रुव–स्थिर, अचल, निश्चल, अटल, शाश्वत—ये इसके पर्याय हैं। कहीं-कहीं परमात्मा के पर्याय रूप में भी इस शब्द का प्रयोग किया गया है (कठ. 1.2.10)। 'ध्रुवा नीतिः' का अर्थ अटूट (अपरिवर्तनीय) नियम होता है। इसी को ब्रह्मविद्योपनिषद् में ज्ञानाग्नि का पर्याय ध्रुवाग्नि भी कहा है।

नव-चक्र–योगोपनिषदों के अन्तर्गत सूक्ष्मरूप से स्थित विभिन्न चक्रों का वर्णन आता है। यों तो छः चक्र या सात चक्र ही प्रसिद्ध हैं, परन्तु कुछ लोगों ने कुल नौ चक्र माने हैं। योगराजोपनिषद् और सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषद् में कुछ पाठ-भेद के साथ नौ चक्र माने हैं। उनके मतानुसार पहला ब्रह्म चक्र है, दूसरा मूलकन्द (मूलाधार) है (इसे अग्निकुण्ड या कुण्डलिनी भी कहते हैं)। तीसरा नाभिचक्र है। चौथा हृदयचक्र या अनाहत चक्र है। पाँचवाँ कण्ठ चक्र (विशुद्ध चक्र) है। छठा तालुका (घण्टिका) चक्र है। सातवाँ भूचक्र (विद्यास्थल) है। आठवाँ ब्रह्मरन्ध्र और नवाँ व्योम चक्र है। (देखिए, योगराजोपनिषद् 5-7, 12, 16-17 तथा सौ.ल.उप. 3.8-10 इत्यादि)।

नव द्वार–दो कान, दो आँखें, दो नासिकाएँ, मुख, गुदा और उपस्थ—ये नव द्वार कहे गए हैं।

नाचिकेताग्नि–कठोपनिषद् में यमराज से दूसरे वरदान के रूप में नचिकेता ने यज्ञीय विद्या माँगी थी। यमराज ने नचिकेता को सांगोपांग वह विद्या पढ़ाई। बाद के तीसरे 'मृत्युरहस्य' रूप वरदान माँगने पर यमराज द्वारा इस वरदान के एवज में उनके द्वारा प्रदत्त अन्य प्रलोभनों से वशीभूत न होते हुए नचिकेता की उस निश्चलता को देखकर उस अग्निविद्या का नाम नचिकेता के नाम पर उसे 'नाचिकेताग्नि' नाम प्रदान किया। इसे 'त्रिणाचिकेत' भी कहते हैं।

नाद-अनाहतनाद–नाद का सामान्य अर्थ ध्वनि है। आकाशस्थ अग्नि और मरुत् के संयोग से नाद उत्पन्न होता है, ऐसा संगीतज्ञ मानते हैं। इसे नादब्रह्म कहते हैं। उससे सारा जगत् व्याप्त है। योगीजन साधना में अनवरत गुंजायमान अनाहत नाद को सुनते रहते हैं। प्राणाग्नि के आधार से शरीर के अन्दर ध्यान स्थिर करने पर एक नाद सुनाई देता हैं। इसमें विविध ध्वनियाँ सुनाई देती हैं। प्रारम्भ में नाद बहुत जोर से अनेकविध सुनाई पड़ता है। अभ्यास के बाद वह सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होता जाता है (नादबिन्दु. 33)।

पुष्परसमग्न भ्रमर जैसे पुष्पगन्ध की परवाह नहीं करता, उसी तरह नादासक्त चित्त विषयों की परवाह नहीं करता। (नादबिन्दु. 43)। मनोमृग को बाँधने का जाल नाद ही है (नादबिन्दु. 45)।

नारायण–सागर-जल में शेषशायी भगवान् नारायण सृष्टि के सर्जक, पालक और संहारक माने जाते हैं और उन्हें एक शक्ति मानकर पूजा जाता है। पुरुषसूक्त में उसी नारायण पुरुष का, विराट् पुरुष का उल्लेख है। मुद्गलोपनिषद् में भी उनकी महिमा का गान है। वे तीनों काल में अवस्थित हैं। वे सबसे परे और सबसे श्रेष्ठ हैं। (मुद्गल. 23)। नारायण से ही समष्टिगत प्राण और सभी इन्द्रियाँ उत्पन्न हुईं। सम्पूर्ण सृष्टि नारायण से ही जन्मी (नारा. 9)। वे ही एकमात्र विशुद्ध, निष्कलंक, निर्विकल, निरंजन हैं। (नारायणोप. 2, महोप. 1.1 और कलिसं. 1)।

निदिध्यासन–ज्ञानप्राप्ति के अन्तरंग साधनों में वह अन्त्य है। गुरुमुख से शास्त्र-श्रवण के बाद अपनी बुद्धि से शास्त्रानुकूल तर्क-समाधान करके फिर निश्चित वस्तु (आत्मा) का सतत ध्यान करना निदिध्यासन है। निदिध्यासन ही एक तरह से समाधि है। यह मनन का अग्रिम चरण है। आत्मा के विजातीय शरीरादि जड़ विषयों के विचार से रहित और अद्वितीय ब्रह्मविषयक सजातीय विचारों का तैलधारावत् सातत्य ही निदिध्यासन है। (बृहदा. 2.4.5)।

नियम–योग के आठ अंगों में से दूसरा अंग। ये पाँच प्रकार के हैं—1. शौच (आन्तर्बाह्य पावित्र्य), 2. सन्तोष, 3. तप, 4. स्वाध्याय और 5. ईश्वरप्रणिधान। (पात.यो.सू. 32, जाबाल-दर्शन. 1.20-22, 2.1, 2.3, 2.8, मनु. 4.12, गीता 6.17) आदि में इन नियमों का विस्तृत विवरण है।

निरञ्जन–जिसमें अञ्जन, कालिमा या अविद्या नहीं है, वह निर्गुण ब्रह्म।

निरहंकारिता–यह 'अमानित्व-अदंभित्व' गुण का पर्यायवाची शब्द है। यह उच्च सात्त्विक गुण है।

निर्गुण-सगुण–परब्रह्म के दो स्वरूप माने गए हैं—निर्गुण और सगुण। सगुण रूप से सकल (दृश्य) सृष्टि की उत्पत्ति होती है। दूसरा निर्गुण रूप ब्रह्म का पारमार्थिक स्वरूप है। निर्गुण का अर्थ गुणरहित है। परमात्मा की बनाई हुई सृष्टि तो सत्त्व, रजस् और तमोगुण से युक्त है, पर परमात्मा स्वयं इन गुणों से परे है। वह अव्यक्त और केवल ज्ञानगम्य है। सगुण व्यक्त है। निर्गुणोपासना कठिन और सगुणोपासना सरल है। निर्गुण तो निराकार, भेदरहित, नित्य, अविनाशी, सर्वोपाधि-विनिर्मुक्त, शुद्ध-बुद्ध-मुक्त स्वभाव है। (देखिए—कठ. 1.3.15, मुण्डक. 1.1.6, बृहदारण्यक. 2.3.6 आदि)।

निर्वाण–जन्म-मरण-निवृत्तिरूप मोक्ष का पर्याय-वाची शब्द है। निवृत्ति, मुक्ति।

निर्विकल्पक–विक्षेपरहित धारावाहिक एकाग्रता को समाधि कहते हैं। वह योग की पराकाष्ठा है। ध्यान की एकाग्रता करते-करते जहाँ तक ध्याता-ध्येय-ध्यान की त्रिपुटी का भान रहता है, वहाँ तक तो सविकल्प समाधि होती है, पर जब धीरे-धीरे ध्याता-ध्येय-ध्यान का भी भान नहीं रहता, तब उस स्थिति को निर्विकल्पक समाधि कहा जाता है। जैसे पानी में नमक घुल जाता है, ऐसा एकीभाव निर्विकल्प समाधि में होता है। (देखिए ह.यो.प्र. 4.5 और निरालम्बोप. 39)।

निःश्रेयस्–भौतिक उन्नति को 'अभ्युदय' या 'प्रेयस्' और आध्यात्मिक कल्याण को निःश्रेयस् अथवा 'श्रेयस्' कहा गया है।

निष्काम कर्म–कामनारहित कर्तव्यपालन ही निष्काम कर्म है। निष्कामकर्माचरण ही गीता का मुख्य सन्देश है। निष्काम कर्म लोकसंग्रह, ईश्वर-प्रीत्यर्थ या प्रारब्धपरिचालित भी होता है। इसमे चित्तशुद्धि होने पर ज्ञानप्राप्ति से मुक्ति मिलती है। निष्काम कर्मों में व्यक्तिगत कामना नहीं होती, जगत् के हित का प्रयोजन हो सकता है।

निःस्पृह–किसी भी स्पृहा (इच्छा) का त्यागी। भौतिक वस्तुओं की स्पृहा न रखने वाला व्यक्ति एकमात्र आध्यात्मिक कल्याण की ही आकांक्षा

रखता है (गीता 6.18, 14.12 और महो. 3.36) स्पृहा की उत्पत्ति और उससे मुक्ति की बात इनमें कही है।

प

पञ्चकोश–वेदान्त में मानव-शरीर के पाँच कोशों का वर्णन है—1. अन्नमय (स्थूल शरीर), 2. प्राणमय कोश, 3. मनोमय कोश, 4. विज्ञानमय कोश और 5. आनन्दमय कोश। ये आत्मा (चैतन्य) को आवृत किए हुए हैं।

पञ्च तन्मात्राएँ–सूक्ष्मभूत—शब्दतन्मात्रा, स्पर्श-तन्मात्रा, रूपतन्मात्रा, रसतन्मात्रा और गन्ध-तन्मात्रा—ये पाँच तन्मात्राएँ कही गई हैं।

पञ्चप्राण–प्राण पाँच माने गए हैं—प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान। (विशेष विवरण 'प्राण' शब्द में देखें।

पञ्चभूत–पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश—ये पाँच भूत या पञ्चमहाभूत कहे जाते हैं।

पञ्चयज्ञ या पञ्च महायज्ञ–वानप्रस्थ के लिए हमेशा करने योग्य पाँच यज्ञ होते हैं—1. ब्रह्म यज्ञ (वेदों का अध्ययनाध्यापन), 2. देवयज्ञ (अग्निहोत्र), 3. पितृयज्ञ (श्राद्धतर्पणादि), 4. अतिथियज्ञ (मनुष्ययज्ञ) तथा 5. भूतयज्ञ (प्राणियों को खिलाना-पिलाना)।

पञ्चविध मुक्ति–जीवात्मा की इष्टदेव-प्राप्ति ही मुक्ति है। इसके पाँच प्रकार हैं—1. सालोक्य, 2. सामीप्य, 3. सारूप्य, 4. सायुज्य और 5. कैवल्य। 'सालोक्य' इष्टदेव के लोक की प्राप्ति है, 'सामीप्य' उनके समीप रहने की प्राप्ति है, 'सारूप्य' उनके जैसे रूप की प्राप्ति है, 'सायुज्य' उनके साथ जुड़ जाने की प्राप्ति है और 'कैवल्य' अपनी शुद्धचैतन्यमयता की प्राप्ति है। (देखिए मुक्तिकोपनिषद् 1.18-19, 21-25)।

पञ्चाग्नि–अन्वाहार्यपचन, आहवनीय, गार्हपत्य, आवसथ्य और सभ्य—ये पाँच प्रकार के अग्नि है। इन्हें पंचाग्नि कहते हैं। इनसे सम्बन्धित तत्त्वज्ञान को **पञ्चाग्निविद्या** कहते हैं। छान्दोग्योपनिषत् तो सूर्य, बादल, पृथ्वी, पुरुष, और स्त्री सम्बन्धी तात्त्विक ज्ञान को पञ्चाग्निविद्या कहती है। तो वायुपुराण गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिणाग्नि, सभ्य और आवसथ्य को पञ्चाग्नियाँ मानता है (वा.पु. 10.6.41-42)। मत्स्यपुराण (35.116) के अनुसार ययाति ने पाँच अग्नियों के बीच एक वर्ष तक तपस्या की थी। कठोपनिषद् में पञ्चाग्निसिद्ध पुरुषों को 'पञ्चाग्नयः' कहा गया है। पञ्चाग्निसिद्धि-प्राप्त मनुष्य मन्त्रशक्ति के नियामक होते हैं।

पञ्चीकरण–पाँच सूक्ष्म भूतों (तन्मात्राओं) को पहले प्रत्येक को दो-दो भागों में (आधे में) विभक्त करके फिर एक आधे भाग के चार भाग करके अपने से अन्य सूक्ष्म भूतों के साथ मिलाने से पञ्चीकरण होता है और सूक्ष्म में से स्थूलभूत (इन्द्रियभोग्य भूत) बनता है। जैसे $\frac{1}{2}$ पृथ्वी के साथ $\frac{1}{8}$ जल, $\frac{1}{8}$ वायु, $\frac{1}{8}$ तेज, $\frac{1}{8}$ आकाश मिलाने से स्थूल पृथ्वी बनती है। उसी तरह अन्य चारों भूतों के सन्दर्भ में समझ लेना चाहिए।

परब्रह्म–विश्व का परमतत्त्व ब्रह्म दो प्रकार का बताया गया है—1. पर और 2. अपर। परब्रह्म तो शुद्ध चैतन्य, नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, निर्लेप और निर्गुण है। वही ब्रह्म जब सगुण बनता है, अपनी शक्ति (माया शक्ति) को लेकर गतिशील होता है तब वह सृष्टि का कर्ता सर्वज्ञ आदि हो जाता है, वही अपरब्रह्म है। परब्रह्म निर्गुण और अपरब्रह्म सगुण होता है।

परमगति–परमात्मा की अनुभूति की अवस्था ही परमगति है। इसे ही मुक्ति या मोक्ष कहते हैं। (कठ. 2.3.10 और गीता 8.11)।

परमज्योति–परब्रह्म ज्योतिस्वरूप, प्रकाशस्वरूप, ज्ञानस्वरूप होने से उसे परमज्योति कहा गया है। चिदात्मा, चिदानन्द, चिद्घन, चिन्मय, चैतन्य आदि सब उसी के पर्यायवाची शब्द है। परमपुरुष भी वही है, परात्पर भी वही हैं। परब्रह्म के अनेकानेक नाम हैं। उसी का स्थान परमपद है।

परमपद–वह भी परमगति ही है। मोक्ष या मुक्ति भी यही है। महाभारत के शान्तिपर्व (47.37) में श्रीकृष्ण को ही परमपद कहा है। परब्रह्म का

निवास जहाँ हो, वह परमपद है। कठ. 1.3.1 में परमपद उसे कहा है, जहाँ से लौटकर मनुष्य पुनः यहाँ नहीं आता (कठ. 1.3.8)। वीतराग यति ही परमपद (मोक्ष) प्राप्त करते हैं।

परमव्योम–'व्योम' का अर्थ तो आकाश है, पर उसमें 'परम' लगा देने से इसका अर्थ 'परा चेतना' हो जाता है। ऋग्वेद में 'परा चेतना' के अर्थ में परमव्योम शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है। ऋग्वेद में 'परा चेतना' से सृष्टि की उत्पत्ति और संचालन होता है, ऐसा वर्णित है। इसकी तुलना आज के कम्प्यूटर तन्त्र के 'मास्टर कम्प्यूटर' से की जा सकती है। मास्टर कम्प्यूटर से माइक्रोवेव टॉवर्स द्वारा विभिन्न कम्प्यूटर जुड़े रहते हैं। इसके लिए, 'गौरीर्मिमाय.....सहस्राक्षरा परमे व्योमन्' —यह ऋग्वेदीय मन्त्र (1.164.41) द्रष्टव्य है। यही मन्त्र एकाक्षरोपनिषद् में भी आया है। तदुपरान्त एकाक्षरोपनिषद् 1 और 4 में भी इसे हृदयव्योम, परमव्योम से प्रकाशित परा चेतना का ही संकेत दिया गया है।

परमसिद्धान्तश्रवण–'तत्त्वमसि' आदि महावाक्यों द्वारा जीव-ब्रह्म-ऐक्य का अनुसन्धान करते हुए, आत्मा और परमात्मा को प्राप्त करना ही सिद्धान्तश्रवण या परमसिद्धान्तश्रवण है।

परमहंस–संन्यासियों की चार कोटियों में से एक उच्चतम कोटि। वह शिखा-यज्ञोपवीतरहित, पाँच घरों से भिक्षा माँगकर, हाथ के ही पात्र में खाने वाला एक कौपीनधारी तथा एक चादर और दण्ड धारण करने वाला होता है।

परमात्मभाव–परमानन्द, ऐक्यानुभव. अद्वयानन्द, अद्वैतानन्द, अपरोक्षानुभूति—ये सभी पर्याय-वाची शब्द ही हैं।

परमात्मा–वेदान्तानुसार तो वास्तव में जीवात्मा और परमात्मा में भेद नहीं है, केवल उपाधिगत ही भेद है, किन्तु वैशेषिक दर्शन परमात्मा को जीवात्मा से अलग मानता है और उसे नित्य ज्ञानवान्, नित्य इच्छावान् और नित्य संकल्पवान् मानता है। वह सम्पूर्ण सृष्टि का संचालक और एक ही है। वह सर्वोपरि विशुद्ध आत्माओं का समूहरूप है। न्यायदर्शन उसे सबका कर्त्ता, भोक्ता, सर्वज्ञ, सर्वानुभवकर्ता मानता है। महाभारत में प्राकृत गुणों से बद्ध चैतन्य को आत्मा और उनसे मुक्त चैतन्य को परमात्मा माना गया है। गीता में क्षर-अक्षर से उत्तम पुरुष को परमात्मा कहा है (गीता 15.17)। वह सर्व-व्यापक और सर्वपोषक तथा अव्यय और ईश्वर है। गीता (13.22) में इसका पर्याप्त वर्णन है।

परलोक–इस पृथ्वीलोक (मर्त्यलोक) से अन्य कोई भी लोक। ऊपर और नीचे सात-सात लोक हैं।

परा-अपरा विद्या–वेदाध्ययन आदि अपरा विद्या है और अविनाशी ब्रह्म को जानने की विद्या परा विद्या है। उपनिषदों में दोनों विद्याओं को जानने योग्य कहा गया है।

परा-पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरी–ये वाणी के चार रूप कहे गए हैं। मूलाधार चक्र से उठने वाले नाद को 'परा' वाणी कहते हैं। यह नाद मूलाधार से उठकर हृदय में जुड़ता है, तब वह 'पश्यन्ती' वाणी कही जाती है। हृदय से उठकर बुद्धि में जुड़ने पर वही 'मध्यमा' वाणी होती है और वही वाणी वहाँ से उठकर कंठ में आकर वागिन्द्रिय द्वारा स्फुटित होकर सर्वश्राव्य बनती है, तब उसे 'वैखरी' वाणी कहा जाता है। इसका उल्लेख अलंकारकौस्तुभ, निघण्टु (2.23) और अथर्व-वेद (7.44.1) में किया गया है। अक्षमालोप-निषद् में चारों वाणियों का वंदन किया गया है। भगवान् श्रीकृष्ण ने वाणी को अपनी विभूति कहा है। (गीता 10.34)।

परिभूः–चारों ओर से आच्छादित किए हुए को 'परिभूः' कहा जाता है।

परिव्रज्या-परिव्राजक–धर्म और विद्या के प्रचार-प्रसार के लिए अथवा जनजागरण के लिए पूरे देश में घूमना परिव्रज्या कहलाता है। वानप्रस्थी, संन्यासी या त्यागी ऐसी परिव्रज्या करता है तो उसे परिव्राजक या परिव्राट् कहते हैं। सदैव श्रवण, मनन, चिन्तन, भजन आदि करते हुए,

सादा-सीधा-सरल जीवन जीते हुए, तितिक्षा आदि के साथ ऐसी परिव्रज्या करने वालों में नारद श्रेष्ठ माने गए हैं। आश्रमोपनिषद् (4) में परिव्राजकों के प्रकार बतलाए गए हैं।

पर्जन्य–सामान्य अर्थ तो मेघ या बादल होता है, पर कहीं-कहीं इसका अर्थ इन्द्रदेव, सूर्यदेव या विष्णुदेव भी किया गया है। पर्जन्य एक देवता-विशेष है। वह अन्तरिक्ष-स्थानीय वैदिक देवता हैं। (शतपथब्राह्मण 14.9.1.13; तै.सं. 7.5.18.1 तथा जै.बा. 1.114)।

पवमान–इसका शब्दार्थ 'पवित्रकारी' होता है। सोम पावनकारी होने से उसे 'पवमान' कहा गया है। कुछ स्तोत्रों को भी इसी कारण 'पवमान स्तोत्र' कहते हैं। (काठ.सं. 22.10, शत.ब्रा. 2.5.1.5, जैमि.ब्रा. 1.214 आदि अनेक स्थल देखे जा सकते हैं)।

पश्चिमलिङ्ग–संन्यासियों के कुछ चिह्न होते हैं। इन चिह्नों को धारण करने वाले संन्यासी 'व्यक्त-विष्णुलिंग' संन्यासी कहे जाते हैं। उनमें कुछ पूर्वलिंग और कुछ पश्चिमलिंग परिव्राजक कहे जाते हैं (निर्वाणोपनिषत् 3)। बाह्य चिह्न धारण करने वाले पूर्वलिंग (व्यक्त विष्णुलिंग) संन्यासी दया, क्षमा, निरहंकारिता, करुणा, निर्विकारिता आदि गुणों को धारण करते हैं, जब कि पश्चिमलिंग (अव्यक्त विष्णुलिंग) बाह्य चिह्नों को धारण किए बिना ही अन्त:करण में सभी गुण रखते हैं (देखें—निर्वाणोपनिषद् 1.58 की ब्रह्मयोगी टीका)।

पाप-पुण्य–अनिष्ट भावनाओं और अनिष्ट साधनों से किया जाने वाला निकृष्ट कार्य पाप है और शुभ भावनाओं और शुभ साधनों से किया गया मंगलकार्य पुण्य है। पुण्य का फल स्वर्गादि और पाप का फल नरक (दु:खादि) की प्राप्ति है। सत्संग पुण्यदायी और कुसंग पापदायी है। (निरा. 16.17)। परोपकार पुण्य का निमित्त और परपीडन पाप का निमित्त होता है।

पिंगला–शरीर में सुविख्यत तीन नाड़ियों में से एक। नासिका के दक्षिण भाग में स्थित नाडी।

पितर-पूर्वज-गोत्रज–पिता, दादा, परदादा आदि हमसे पहले जन्म लिए हुए हमारी पीढ़ियों के व्यक्तियों को पितर, पूर्वज या गोत्रज कहते हैं। इन्हें 'वंशज' भी कहा जाता है। उन पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए श्राद्ध-तर्पणादि किए जाते हैं। (छान्दोग्य. 2.22.2 तथा बृहदा. 4.3.33)।

पुत्रैषणा–तीन एषणाएँ हैं—वित्तैषणा, लोकैषणा, और पुत्रैषणा। पुत्रैषणा अर्थात् पुत्रप्राप्ति की इच्छा।

पुनर्जन्म–जब तक व्यक्ति की मुक्ति नहीं होती है, तब तक उसे बार-बार जन्मना-मरना पड़ता है। एक मृत्यु के बाद पुन: शरीर धारण करने को पुनर्जन्म कहते हैं (गीता 2.27)। यह पुनर्जन्म कर्मफल और आसक्ति के अनुसार विविध योनियों में होता रहता है। मुक्ति होने से ही इस चक्कर से छुटकारा मिलता है (गीता 18.16)।

पुरश्चरण–इसका सामान्य अर्थ है—'चलने से पहले।' किसी कार्य की सिद्धि के पूर्व में किए जाने वाले अनुष्ठान को पुरश्चरण कहा जाता है। ये तीन प्रकार के हैं—गति, आगति और स्थिति। गति बढ़ने, आगति लौटने और स्थिति ठहरने को कहते हैं। अभीष्टसिद्ध्यर्थ की जाने वाली साधना के साथ-ही-साथ प्रगति के अवरोधक दोषों को लौटाया भी जाता है। इस गति और आगति से पूर्व शक्ति को स्फुटित करने के लिए स्थिति को अपनाया जाता है। यही पुरश्चरण है। सामान्यत: सवा लाख मन्त्रों का अनुष्ठान सर्वसुलभ और सर्वकल्याणकारी है। इसकी विधि अत्यन्त जटिल है। इसकी विधि में थोड़ी भी असावधानी होने से इसके लाभ के बदले हानि भी हो सकती है। नित्यकर्म, सन्ध्या, पूजन, शापमोचन, हवन, तर्पण, मार्जन, अभिषेक, मुद्रा, विसर्जन और ब्राह्मणभोजन—इसका क्रियाकलाप है। अनेक तन्त्र-ग्रन्थों में बहुत-सी बातें अतिविस्तार से लिखी गई हैं। (नृ.पू.ता. 1.16)।

पुराण–पुरातन, प्राचीन, पुराणकालीन सन्तों, महात्माओं, राजाओं और विशिष्ट पुरुषों की परम्परागत चली आती हुई कथाओं को पुराण कहते हैं। प्रधानत: अठारह पुराण हैं; और उपपुराण भी हैं, वे भी अठारह हैं। पुराणों के वक्ता व्यासदेव माने गए हैं। हमारा प्राचीन इतिहास उनमे वर्णित है।

पुरुष (पुराणपुरुष)–परमपुरुष। सबके पुर (शरीर) में रहने वाला अंगुष्ठमात्र पुरुष, जो आकारहीन और ज्योतिस्वरूप है, जो व्यापक और मुक्तिदाता है, वही पुरुष है। वही आत्मा, परमात्मा और अन्तरात्मा के तीन रूपों में प्रकट हुआ है। (कठ. 2.1.12-13, 2.3.8 तथा आत्मो. 1)। वह आदित्य के सदृश प्रकाशमान है (श्वेता. 3.8; छान्दोग्य 6.7.1, 3.16.1, 3.14.1, मुण्डक 1.12.11)। वह पुरुष षोडशकलायुक्त है। वह यज्ञरूप, संकल्परूप, अमृतरूप, अविनाशी, विराट् एवं विश्वपुरुष है।

पुरुषसूक्त–ऋग्वेद के दशम मण्डल के 90वें सूक्त को और यजुर्वेद के 31वें अध्याय के सोलह मन्त्रों को पुरुषसूक्त कहते है। इसमें विराट् नारायण की स्तुति है। मुद्गलोपनिषत् में इसके अर्थनिर्णय का विवेचन है।

पुरोनुवाक्या–यज्ञों में तीन प्रकार की आहुतियों में से एक पुरोनुवाक्या आहुति है। यह आहुति जिस मन्त्र को पढ़कर दी जाती है, उसे 'पुरोनुवाक्या' नाम से स्वीकार किया गया है। इन ऋचाओं को पृथ्वी, प्राण और भ्रातृव्य देवता से जोड़ा गया है। (शत. ब्रा. 14.6.1.9; बृहदारण्यक 3.1.10 तथा तै.सं. 1.6.10.4)।

पुर्यष्टक–स्थूल दृश्यमान शरीर के भीतर अनुमेय एक सत्रह तत्त्वों वाला सूक्ष्म शरीर माना गया है। कहीं-कहीं उस सूक्ष्म शरीर के इन सत्रह तत्त्वों को आठ अंगों में समाहित किया गया है। उन आठ अंगों का आलंकारिक नाम पुरी देकर उसे पुर्यष्टक कहा गया है। ये आठ पुरी—ज्ञानेन्द्रिय-पंचक, कर्मेन्द्रियपंचक, प्राणपंचक, सूक्ष्मभूत-पंचक, अन्त:करणचतुष्टय, काम, कर्म और अविद्या हैं (पैंगलोपनिषत् 2.5)।

पूर्णपुरुष–द्वन्द्वातीत, सनातन, परब्रह्म, विश्व के सर्जक-पालक-संहारक पुरुषब्रह्म। श्रीकृष्ण को भी पूर्णपुरुष कहा गया है। षोडशकलायुक्त पुरुष भी पूर्णपुरुष है। (नारा. 2; रुद्रहृदय. 6; कृष्ण. 10.12 आदि)।

पूषा–यह पोषणकर्त्ता देवता हैं। चारों वेद में इसका उल्लेख है। ऋग्वेद में 'पूषा' का अर्थ सूर्य की मानवपुष्टिप्रदात्री एवं मानवकल्याणकर्त्री बुद्धि किया गया है। यजुर्वेद में पूषा को सूर्य द्वारा प्रेरित देवता कहा गया है (यजुर्वेद 17.58)। तैत्तिरीय ब्राह्मण में उसे दीर्घायु और वर्चस्प्रदाता देवता बताया गया है। (तै.ब्रा. 1.2.1.19)।

पौर्णमासी यज्ञ–दर्श (अमावास्या) और पूर्णिमा के दिन प्रतिमास किए जाने वाले यज्ञों में प्रति पूर्णिमा के दिन किया जाने वाला यज्ञ।

प्रकृति-पुरुष–सांख्यदर्शनानुसार पुरुष और प्रकृति ये दो तत्त्व हैं। अव्यक्त प्रकृति ही **व्यक्त** जगत् के रूप में परिणत होती है। उपनिषदों के अनुसार तो उस प्रकृति की उत्पत्ति भी पुरुष से ही होती है। जैसे मकड़ी अपने से ही तन्तुजाल को उत्पन्न करती है और अपने में ही समा लेती है, वैसे ही पुरुष अपने से ही जगत् उत्पन्न करता है और अपने में ही समा लेता है। (मुण्डक. 1.1.7)। प्रकृति जड़ है और पुरुष चेतन। वे दोनों अलग-अलग कोई कर्म नहीं कर सकते। इसलिए पुरुष प्रकृतिस्थ होकर प्रकृति के तीन गुणों का उपयोग कर जगत् बनाता है। गीता में दोनों को अनादि माना गया है (गीता 13.19 और 13.21)।

प्रज्ञा-प्रज्ञान–प्रज्ञा का अर्थ प्रकृष्ट ज्ञान अथवा प्रकृष्ट बुद्धि है। और ऐसी बुद्धि या ज्ञान वाले विद्वान् को ही प्रज्ञान कहा जाता है। आत्मा-परामात्मा के अनुभूतिजन्य ज्ञान को ही प्रज्ञा या प्रज्ञान कहा जाता है। बुद्धि की दूरदर्शिता भी प्रज्ञा है। बौद्धिक (ज्ञातव्य वस्तुओं या तत्त्वों)

कामनाओं की ग्रहण-क्षमता भी प्रज्ञा है, ऐसा उपनिषदें मानती हैं। (कौषी.ब्रा. 1.7, 3.3; अध्यात्म. 44)। कौषीतकिब्राह्मणोपनिषद् में इसका कार्य-व्यवहार विस्तार से समझाया गया है (3.2)। उपनिषदों में इसलिए प्रज्ञान को ब्रह्म का पर्याय माना गया है (प्रज्ञानं ब्रह्म)।

प्रणव–'प्रणव' ॐकार है। नादबिन्दु उपनिषद् के अनुसार तत्त्वज्ञान प्राप्ति के बाद, प्रारब्ध क्षीण होने पर ॐकारस्वरूप परब्रह्म के साथ आत्मैक्य-चिन्तन करने से नादरूपी स्वप्रकाशित शिवतत्त्व का प्रादुर्भाव इस तरह हो जाता है, जैसे मेघावरण हट जाने से सूर्य प्रकाशित हो जाता है (ना.बि. 30)। अर्थात् प्रणव ही परब्रह्म और प्रणव ही नादब्रह्म है। वही ॐकार है। इसी ॐकार की नाद-साधना को 'प्रणवसन्धान' नाम दिया गया है। सिद्धासन में बैठकर, वैष्णवी मुद्रा धारण करके दाहिने कान में उठती हुई अनाहत ध्वनि अविरत सुननी चाहिए।

प्रतिष्ठा–इस शब्द के स्थापना, स्थान, गौरव, कीर्ति, आदर, निवास, आधार आदि पर्याय हैं। 'प्रतिष्ठा को जानने से मनुष्य इह-परलोक में प्रतिष्ठा पाता है'—ऐसा उपनिषद् में कहा गया है (छा. 5.1.3)। यहाँ प्रतिष्ठा का अर्थ परमात्मा का अदृश्य, अशरीर, अवर्णनीय, अनाश्रित, अभय प्रतिष्ठा (स्थिति) होता है। (तैत्ति. 2.7.1, जै.उ. 1.21.2)।

प्रत्यगात्मा–इसका अर्थ है निर्मल चित्तवृत्तिवाला आत्मा। विशुद्ध अन्तरात्मा (परमात्मा) के लिए भी इस शब्द का प्रयोग होता है। प्रत्यग् (भीतर का, अन्तस् का) आत्मा साक्षी चैतन्य है। वह प्रत्यगात्मा है (कठोपनिषत्)।

प्रत्याहार–आठ योगांगों में से पाँचवाँ अंग। (यो.द. 2.29) प्रत्याहार में चित्तवृत्तियों को या इन्द्रियों को अपने विषयों से हटाकर चित्त को हर स्थिति में शान्त रखकर अपने चिन्तन को आत्मा में ही लगाए रहना होता है। (अमृतनाद. 5)

प्रदक्षिण-प्रदक्षिणा–देवपूजा आदि अवसरों पर देवमूर्ति को दाहिनी ओर करके दायें से चारों ओर श्रद्धापूर्वक घूमना ही प्रदक्षिण या प्रदक्षिणा अथवा परिक्रमा कही जाती है। देवभेद से परिक्रमा की संख्या भी ज्यादा-कम होती है। 'कर्मलोक' नाम के ग्रन्थ में ऐसा संख्या-निर्णय किया गया है। कालिकापुराण कहता है कि दायाँ हाथ फैलाकर, सिर झुकाकर, देवता को दाहिनी ओर करके एक या तीन बार की जाने वाली परिक्रमा को 'प्रदक्षिण' कहा जाता है। वह कामनापूर्ति करने वाली होती है (अक्षको. 15)।

प्रपञ्च–शास्त्रों में इसका अर्थ भवसागर या संसार से लिया जाता है। विस्तार, फैलाव, उथलपुथल, पञ्चतत्त्वों के अनेकानेक भेद आदि अन्य अर्थ भी है। (आत्मबोधोपनिषद् 2.11.12 और महोपनिषद् 3.4.9)।

प्रमाद:–मानसिक आलस्य, शैथिल्य, निष्क्रियता। प्रमाद लापरवाही और आन्तरिक दुर्बलता को भी कहते हैं। इसे ब्रह्मनिष्ठों के द्वारा त्याज्य माना गया है। ब्रह्मवादी के लिए प्रमाद को मृत्यु जैसा कहा गया है (अध्या. 15)। गीता (14.8) में प्रमाद को तमस् कहा गया है। प्रमाद के कारण कर्तव्यशीलता नष्ट हो जाती है।

प्रमेय-अप्रमेय–जो पदार्थ (वस्तु) प्रमायोग्य (यथार्थ ज्ञान कराने योग्य) प्रमाणों द्वारा सिद्ध किए जाने योग्य हो, उसे 'प्रमेय' कहा जाता है। इस दृष्टि से जगत् का प्रत्येक पदार्थ प्रमेय ही है और जो उससे विपरीत हो अर्थात् जो किसी प्रमाण से सिद्ध न किया जा सके उसे अप्रमेय कहते हैं। ऐसा अप्रमेय ब्रह्म है। वह मानवों को बुद्धिगम्य नहीं है। शास्त्रों में प्रतिपादित ब्रह्म की व्याख्याएँ ब्रह्म के निकट तो हैं, पर पूर्ण नहीं हैं। इसीलिए शास्त्र भी 'नेति-नेति' कहकर विरत हो जाते हैं। (सं.ब्रा.उ. 3.1.3)

प्राजापत्य–कामनापूर्ति के लिए श्रौतसूत्रों में बताए गए अनेकानेक यज्ञों (इष्टियों) में से एक। यद्यपि आहिताग्नि द्वारा दर्शपौर्णमास भी इष्टि ही है, पर प्रयोजन-भेद से इन इष्टियों के मित्रविन्देष्टि, आग्नेय इष्टि आदि अनेक भेद किए गए हैं। कुछ विद्वानों के मत में संन्यास-दीक्षा के पूर्व अपना

सर्वस्व देकर 'प्राजापत्य' यज्ञ करना चाहिए। याज्ञवल्क्यस्मृति (3.56) में इसका पूर्वोक्त प्रकार से ही वर्णन किया गया है। शंखस्मृति (7.1) में वही श्लोक पाठभेद में उद्धृत है।

प्राज्ञ–यह जीव की एक संज्ञा है। अविद्योपहित चैतन्य ही जीव है। जीव का सम्बन्ध स्थूल, सूक्ष्म और कारण—तीनों शरीरों से है। अहंकार आदि का कारण अज्ञानोपहित चैतन्य ही कारण-शरीर है। तीनों शरीरों से सम्बद्ध चैतन्य को इस प्रकार संज्ञाएँ दी गई हैं—स्थूलशरीर से सम्बद्ध व्यष्टि चैतन्य की 'विश्व', सूक्ष्मशरीर से सम्बद्ध व्यष्टि चैतन्य की 'तैजस्' और कारणशरीर से सम्बद्ध व्यष्टि चैतन्य की संज्ञा 'प्राज्ञ' है।

प्राणहंस-प्रणवहंस-मुख्य प्राण–जीवात्मा के लिए 'हंस' शब्द का प्रयोग तो उपनिषदों में अनेकानेक बार आता रहता है, पर कभी-कभी प्राण या मुख्य प्राण के लिए भी हंस शब्द का प्रयोग देखा जाता है (कौ.ब्रा.उ. 3.2)। जीवात्मा वस्तुत: मुख्य प्राण ही है, इसलिए मुख्य प्राण को भी 'हंस' कहा जाता है। प्रणवोच्चारण में मुख्य प्राण की स्वयंचालित प्रक्रिया होती है। इसलिए वह प्रणवहंस भी है। (पाशुपत, पूर्व० 19)

प्राणायाम–आठ योगांगों में चौथा अंग प्राणायाम है। प्राणों पर प्रभुत्व प्राप्त करने के लिए प्राणायाम का विधान है। आसन के स्थिर होने के बाद श्वास-प्रश्वास की गति रोकने को 'प्राणायाम' कहा जाता है। श्वास-प्रश्वास के गति-प्रवाहों को रेचक-कुम्भक-पूरक के माध्यम से बाहर-भीतर दोनों स्थानों में रोकना (विराम देना) ही 'प्राणायाम' है। प्राणायाम के अनेक प्रकार हैं। उनमें प्राणाकर्षण, अनुलोम-विलोम, नाडीशोधन आदि प्राणायाम मुख्य हैं।

प्रारब्ध–मनुष्य द्वारा पूर्व में किए गए सभी कर्म 'संचित' होते हैं। मनुष्य अभी जो कर्म कर रहा है वे 'क्रियमाण' कहलाते हैं और जिन किए गए संचित कर्मों का फल मनुष्य अब भोग रहा है, उन फलोन्मुखी कर्मों को 'प्रारब्ध' कर्म कहते हैं। दृष्टान्त रूप में जो बीज हम आज खेत में बो रहे है वह क्रियमाण कर्म जैसा है, बाद में उत्पन्न हुआ जो अन्न हमारे कोठारों में पड़ा है, वह संचित कर्मों जैसा है, और जो अनाज हम खा चुके हैं और जिसने पचने का कार्य शुरू कर दिया है, वह प्रारब्ध कर्म जैसा है। प्रारब्ध हमारे हाथ में नहीं है। सभी कर्मों का फल तो अवश्य मिलता ही है। ज्ञानाग्नि भी प्रारब्ध कर्मों का नाश नहीं कर सकता। वह संचित, क्रियमाण और भावि कर्मों का ही नाश कर सकता है।

फ

फेनप–वानप्रस्थाश्रम के किए गए वैखानस आदि चार भेदों में से एक 'फेनप' नाम का भेद भी है। फेनप वानप्रस्थी विक्षिप्तवत् रहता है, शीर्ण पत्र-फल ही खाता है, अग्निपरिचरण करता है, कहीं भी विश्राम कर लेता है, नियमित पंचयज्ञादि क्रियाएँ करता है और साधना में निरत रहता है (आश्रमोपनिषद् 3)। कुछ लोग कहते हैं कि वृक्षों से अपने-आप ही नीचे गिरते हुए पत्रों और फलों को 'फेन' कहा जाता है और उन्हें ग्रहण करने के कारण ऐसे वानप्रस्थियों को 'फेनप' कहा गया है। श्रीमद्भागवत (3.12.43) की व्याख्या में बताया गया है कि दूध पीते हुए बछड़े के मुख से गिरते हुए दूध के फेन से जो अपनी आजीविका चलाता है, उसे फेनप कहते हैं।

ब

बन्ध–हठयोगानुसार शरीर-शुद्ध्यर्थ किए जाने वाले लगभग पाँच बन्ध बताए गए है। अष्टोत्तर-शतोपनिषदन्तर्गत योग-प्रधान उपनिषदों में इन पाँच बन्धों में से मूलबन्ध, उड्डियाणबन्ध और जालन्धर बन्ध—इन तीनों बन्धों का वर्णन प्राय: मिलता ही है। इसके अतिरिक्त महाबन्ध और महावेध का वर्णन भी पाया जाता है।

बन्धन–मोक्ष-प्राप्ति में बाधक सभी घटक बन्धन कहे जाते हैं। सांसारिक पदार्थों (विषयों-व्यक्तियों) में अतिलगाव या आसक्ति ही बन्धन है। सकाम कर्म बन्धन हैं, विषय-विकार और

अहंभाव बन्धन है। निरालम्ब उपनिषद् में इसका भली-भाँति विस्तृत विवेचन किया गया है। (निरा. 18.28)। गीता (3.9) में भी यज्ञार्थ कर्मो के अतिरिक्त कर्मो को बन्धन कहा गया है। मैत्रायण्युपनिषद् (4.11) में मन को ही बन्धन और मोक्ष का कारण माना गया है।

बला-अतिबला–सामान्यत: 'बला' शब्द का अर्थ आपत्ति, दु:ख, भूत-प्रेतादि का आवेश, आफत, रोग इत्यादि के लिए होता है। 'बला' नामक एक औषधि भी होती है, जो बलवर्धक, पुष्टिकारक और कफ-पित्त-नाशक होती है। यह बला औषधि—बला, अतिबला, महाबला और नागबला नाम से चार प्रकार की होती है। बला शब्द का तीसरा अर्थ विशिष्ट प्रकार की विद्या भी होता है। इसे 'ब्रह्मकन्या' विद्या कहा गया है। विश्वामित्र ने यह विद्या राम को सिखाई थी। इस विद्या के प्रभाव से युद्ध में भूख-प्यास नहीं लगती। सावित्र्यपुनिषद् में इस विद्या के छन्द, ऋषि, देवता, विनियोग आदि बताये गए हैं। यह विद्या उपनिषदों की अन्य अनेक रहस्यमय विद्याओं में से एक है।

बलि–भूमि की उपज का जो भाग कृषक प्रतिवर्ष राजा को देता है, उसे 'बलि' कहते हैं। देवों को दिया गया उपहार, भेंट या भोज्य पदार्थ भी बलि कहलाता है। पंच यज्ञों में चौथे भूतयज्ञ को भी 'बलि' कहा गया है (भूतबलि, श्वानबलि, काकबलि, देवबलि आदि)। श्राद्ध में पितरों को दिया जाने वाला 'बलि' नामक पितृयज्ञ होता है। समस्त प्रज्ञा और समस्त देव ब्रह्म को प्राणरूप बलि भेंट करते है। (प्रश्न. 2.7, कौ.ब्रा. 2.1)।

बिन्दु–बिन्दु के कोशलभ्य अर्थ तो अनेक होते हैं, पर यहाँ के सन्दर्भ में हठयोग के ब्रह्मचर्य प्रकरण में बताये हुए वीर्यबिन्दु के संरक्षण के लिए किया जाने वाला योग ही इसका अर्थ है। अर्थात् बिन्दु का अर्थ वीर्यबिन्दु संरक्षण ही है। (ह.यो.प्र. 3.88-89)। भागवत और शारदातिलक के अनुसार परमेश्वर से शक्ति, शक्ति से नाद और नाद से बिन्दु उत्पन्न हुआ है। कुंजिकातन्त्र में तो बिन्दु को सर्वप्रथम उत्पन्न हुए ब्रह्म का ही रूप माना गया है। क्रियासार में बिन्दु को शिवात्मक और बीज को शक्त्यात्मक माना है। नाद और बिन्दु का घनिष्ठ सम्बन्ध होने से इन दो शब्दों का प्राय: एक साथ ही उल्लेख होता रहता है। मण्डलब्राह्मणोपनिषत् में उस ब्रह्म को नादबिन्दु, कालातीत और अखण्डमण्डलाकार कहा गया है (मं.ब्रा.उ. 2.1.4)। योगशिखोपनिषद् (6.72) में नाद को ही बिन्दु और बिन्दु को ही 'चित्त' कहा गया है। इसी प्रकार बिन्दु की उत्पत्ति-स्थितिलय का कारण मन ही बिन्दु है—ऐसा योगशिखोपनिषद् (6.73) में कहा गया है। इस प्रकार 'बिन्दु' शब्द के अनेक अर्थ प्राप्त होते हैं। योग और ध्यान के सन्दर्भो में यह शब्द चित् आदि के लिए प्रयुक्त होता है।

बुद्धि-धी–यहाँ के सन्दर्भ में यथार्थ निश्चय करने वाली मन की शक्ति को 'बुद्धि' कहा गया है। इसी को धी, मति, धीष्णा आदि भी कहते हैं। इसका परिष्कृत रूप मनीषा है। इसके उत्तरोत्तर विकास के अनुसार क्रमश: ये नामान्तर होते हैं—प्रज्ञा, मेधा, भूमा और ब्राह्मी स्थिति। बुद्धि को चैतन्यात्मा का गुण माना है। मन, इन्द्रियाँ और अहंकार बुद्धि के लिए ही कार्य करते हैं। गायत्री मन्त्र में सविता को बुद्धि को प्रेरित करने के लिए कहा गया है। गीता में गुणानुसार बुद्धि के तीन भेद किए गए हैं। अन्त:करणचतुष्टय में बुद्धि को महत्तत्त्व का निश्चयात्मक स्थान प्राप्त है। (ना.प. 6.3)।

बृहत् या बृहन्–ब्रह्मचारी के चार भेदों में से एक भेद। जीवन भर गुरुकुल का त्याग न करने वाले ब्रह्मचारी को बृहत् या बृहन् कहते हैं।

बोध–ज्ञान, अनुभूतिजन्य ज्ञान, जानकारी आदि इसके अर्थ हैं। बोध की पराकाष्ठा आत्मबोध है। सत्यभाव-दयाभाव-ब्रह्म में अहंभाव (अहं ब्रह्मास्मि) ही ज्ञान की पराकाष्ठा है। जागरण-स्मरण-ज्ञान आदि को प्रतिबोध कहा जाता है। अन्त:करण की प्रेरणा से उत्पन्न ज्ञान को भी प्रतिबोध कहा जाता है। केनोपनिषद् (2.4) में प्रतिबोध से परमात्मप्राप्ति की बात कही गई है।

ब्रह्म–उपनिषदों का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है—परब्रह्म। निरतिशय महान्, बुद्धिमान, सर्वज्ञ, सत्तावान, विद्यमान, शाश्वत, नित्य, अपरिवर्तन-शील तत्त्व ही ब्रह्म है। वही सच्चिदानन्द, सत्य-ज्ञान-अनन्त रूप है, वही ब्रह्म का सही स्वरूप है। स्वरूपान्तर्गत अन्य-भेदक ऐसे इस लक्षण को स्वरूपलक्षण कहते हैं, परन्तु जो लक्षण स्वरूप के भीतर न होने पर अन्यों से भेद करता है, वह तटस्थ लक्षण है जैसे सृष्टिसर्जक-पालक-संहारक ब्रह्म (तै. 3.1)। ब्रह्म तो जन्मादि से परे है—ये जन्मादि उसके भीतर नहीं हैं। अत: यह तटस्थ लक्षण हुआ। ब्रह्म के इन दोनों लक्षणों के प्रतिपादक वाक्य श्रुतियों में मिलते हैं (कठ. 1.3.35)। इन दोनों लक्षणों के अनुरूप शास्त्रीय मान्यतानुसार ब्रह्म के दो रूपों की कल्पना की गई है—1. सगुण और 2. निर्गुण। 'ब्रह्म' शब्द के अन्य अर्थों में—वेद, ब्रह्मा, ब्राह्मण आदि हैं। परब्रह्म को ही ब्रह्मतत्त्व कहते हैं।

ब्रह्मचर्य–चारों आश्रमों में प्रथम पचीस वर्ष की अवधि का वेदाध्ययन का यह आश्रम है। उपनयन के बाद यह आरम्भ होता है। ब्रह्मचर्य-व्रत के द्वारा परमात्म-प्राप्ति का विधान है। ब्रह्मचर्य के व्रत का पालन करके देवों ने मृत्यु को जीत लिया, ऐसा वर्णन अथर्ववेद (11.7.19) में है। वीर्यरक्षा के लिए अष्टविध मैथुन से बचना भी ब्रह्मचर्य है।

ब्रह्मचारी–जो ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करता है उसे ब्रह्मचारी कहा जाता है। ब्रह्म अर्थात् वेद का चिन्तन-मनन करने वाला ब्रह्मचारी कहलाता है। आश्रमोपनिषद् में ब्रह्मचारी के चार भेद बताए है—1. गायत्र, 2. ब्राह्म (ब्राह्मण), 3. प्राजापत्य तथा 4. बृहन् या बृहत् (आश्रम. 1)। इनमें 48 वर्षों तक वेदाध्ययन-चिन्तन करते हुए ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने वाला ब्राह्म (ब्राह्मण/ब्रह्मचारी) कहलाता है और जो गृहस्थ होते हुए भी केवल ऋतुकाल में ही स्त्रीसंग करता है, वह प्राजापत्य कहलाता है। वह अन्य दारत्यागी होता है। जो ब्रह्मचारी उपनयन के बाद तीन रात तक अलवण (नमकरहित) भोजन करता हुआ गायत्री का जाप करता रहता है, वह गायत्र ब्रह्मचारी कहलाता है और बृहत् या बृहन् ब्रह्मचारी की व्याख्या तो पहले 'बृहत्' या बृहन् शब्द में बता चुके हैं। (आश्रमोपनिषत् 1)

ब्रह्मजज्ञ–ब्रह्म + ज + ज्ञ अर्थात् ब्रह्मा से जन्मी हुई सृष्टि को जानने वाला। अग्निदेव सर्वव्यापक होने से वे सर्वज्ञाता 'ब्रह्मजज्ञ' कहे जाते हैं। (कठोपनिषद् 1.1.17)

ब्रह्मनाडी–सुषुम्ना नाडी का अन्य नाम ब्रह्मनाडी है। सुषुम्ना का अन्य नाम ब्रह्मद्वार भी है।

ब्रह्मनिष्ठ–ब्रह्मविद्या के प्रति एकनिष्ठ पुरुष को ब्रह्मनिष्ठ कहा जाता है। अथवा ब्राह्मणवृत्ति या ब्रह्मज्ञान से सुसम्पन्न व्यक्ति को ब्रह्मनिष्ठ कहते हैं।

ब्रह्मरन्ध्र–मस्तक के बीच एक गुप्त छिद्र है। इस छिद्र में प्राण निकलने पर ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। योगियों के प्राण इसी छिद्र से निकलते है। इसको मोक्षद्वार भी कहते हैं। इसे सुषिरमण्डल भी कहते है (अमृ. 26)। जिस साधक के प्राण इस मण्डल को भेदकर सूर्य तक पहुँच जाते हैं, उसकी कहीं पर भी मृत्यु हो, उसकी मुक्ति हो ही जाती है (अमृत. 39)।

ब्रह्मलोक–देवयान-मार्ग के परलोकगमन करने वाले को अन्त में प्राप्त होने वाला लोक। मोक्ष, ब्रह्मात्मैक्य।

ब्रह्मविद्या–उपनिषदों की प्रमुख प्रतिपाद्य विद्या। ब्रह्म का (परमतत्त्व का) ज्ञान कराने वाली विद्या। यही सब विद्याओं की आधारभूत विद्या है। (मुण्डक. 1.1.1)। अन्य विद्याएँ नाशवंत हैं, किन्तु ब्रह्मविद्या स्थिर (शाश्वत) है। (शुकरहस्यो-पनिषत्)।

ब्रह्मपुर–हृदयस्थ अष्टदलकमल अथवा दहर पुण्डरीक का यह पर्यायवाची शब्द है।

ब्रह्मयज्ञ–वेदों के अध्ययन-अध्यापन को ब्रह्मयज्ञ कहते हैं। प्रतिदिन करणीय पाँच महायज्ञों में से यह एक है।

ब्रह्मलीन–जीवन्मुक्त पुरुष शरीर त्यागकर ब्रह्मलीन होता है। इसको पुनः सूक्ष्म शरीर नहीं होता।

ब्रह्मवेत्ता–ब्रह्म को जानने, समझने या अनुभव करने वाला, ब्रह्मज्ञानी। अन्य अर्थ में वेदों को जानने वाला भी ब्रह्मज्ञ या ब्रह्मवेत्ता कहा जाता है। गीता में स्थिरबुद्धि और मोहरहित को ब्रह्मवेत्ता (ब्रह्मविद्) कहा गया है (गीता 5.20)। आत्माराम और आत्मक्रीड को भी ब्रह्मवेत्ताओं में श्रेष्ठ माना गया है। (मुण्डक. 3.1.4)।

ब्रह्मसन्ध्या–सन्धिकाल में ईश्वरोपासना। ऐसी सन्ध्या को पाशुपतब्रह्मोपनिषत् में मानसिक यज्ञ कहा गया है। (पा.ब्र., पू.का. 18)

ब्रह्मा–सगुण ब्रह्म के तीन रूप माने गए हैं—ब्रह्मा, विष्णु और महेश। यह ब्रह्मा का रूप सृष्टि के सर्जन का कार्य करता है। ये ब्रह्माजी पुराणों-वेदों और आदि के प्रकटकर्ता भी माने गए हैं। किसी यज्ञ के प्रधान सम्पादक-संरक्षक ऋत्विज् को भी ब्रह्मा कहा जाता है। इन्हें ही धाता, विधाता, प्रजापति, हिरण्यगर्भ, पितामह आदि नामों से कहा जाता हैं। पुराणों के अनुसार सागर में शेष-शय्या पर सोये हुए विष्णुजी के नाभि-स्थित कमल से ब्रह्माजी स्वयं आविर्भूत हुए। इसलिए उन्हें स्वयंभू भी कहते हैं। सभी कलाएँ, विद्याएँ, सब कुछ ब्रह्माण्ड इन्हीं से उत्पन्न हुआ। ब्रह्मा की पत्नी 'ब्रह्माणी' के रूप में मान्य है। (देखिए मुं.उ. 1.1.1)।

ब्रह्माण्ड–ऊपर एवं नीचे के सात-सात कुल चौदह लोक मिलकर ब्रह्माण्ड होता है। ब्रह्माण्ड अति महत् परिमाण वाला है। बृहदारण्यकोपनिषद् में ब्रह्माण्ड के आकार का वर्णन किया गया है।

ब्राह्मण–ब्रह्म (परमतत्त्व) को जानने वाला ब्राह्मण है। वेदों को जाने वाला भी 'ब्राह्मण' कहा जाता है। चार वर्णों में से पहला वर्ण भी ब्राह्मण कहा जाता है। ब्राह्मण को पृथ्वी का देवता कहा गया है। **ब्राह्मणवर्ण** के कर्तव्य स्मृतियों में बताए गए हैं (मनु. 1.88)। ब्राह्मण की व्याख्या याज्ञवल्क्य ने गार्गी से बृहदारण्यकोपनिषद् (3.8.10) में बताई है। कहा है कि जो अक्षर-अविनाशी-आत्मतत्त्व को जानकर इस लोक से प्रयाण करता है, वह ब्राह्मण है। बृहदारण्यक (3.5.1 तथा 1.4.15) में भी क्रमशः ब्राह्मण की दिनचर्या और ब्राह्मण की उत्पत्ति के बारे में बताया गया है।

ब्राह्मी स्थिति–योगी की विविध अवस्थाओं में से एक। अक्ष्युपनिषद् ओर महोपनिषद् में पाठ-नाम के भेद से ऐसी सात अवस्थाएँ बताई गई हैं। जीवन्मुक्तावस्था को प्राप्त होकर साधक समस्त लोकव्यवहारों का निर्वहन करते हुए भी जब ब्रह्मातिरिक्त और कुछ नहीं देखता और स्वयं को ब्रह्म में लीन हुआ-सा अनुभव करता है, तब उस स्थिति को 'ब्राह्मी स्थिति' कहा जाता है। ऐसी ब्राह्मी स्थिति का सविस्तार वर्णन महोपनिषद् (6.66-73) में किया गया है।

भ

भद्रासन–दोनों पैरों के टखनों को वृषण के नीचे सीवन के दोनों पार्श्व भागों में इस प्रकार रखा जाए कि बाँया टखना सीवन के वाम पार्श्व में स्थित पैर को हाथों द्वारा दृढ़ता से पकड़ सके। (जा.द. 3, 7)

भर्ग–सूर्य के तेज या दीप्ति (ज्योति) को भर्ग कहा जाता है। 'भर्ग' शब्द भूनने के अर्थ से बनता है। अर्थात् पापों को भूनने के लिए सूर्योपासना करनी चाहिए। भगवान् शिव के लिए भी 'भर्ग' शब्द का प्रयोग देखा जाता है। मैत्रायण्युपनिषद् में कहा है कि जो सूर्य में स्थापित है, वही भर्ग आँख की पुतलियों में भी है। उसकी कान्ति से मनुष्य गति कर सकता है। भर्ग को सबको तापने वाला कहा गया है। साथ ही साथ उसे प्राणियों का रंजन करने वाला भी कहा गया है। प्राणियों में जाने से वह भर्ग है अथवा प्राणियों में आने-जाने या प्रजा का भरणपोषण करने से भी वह भर्ग कहलाता है।

भवबन्धन–संसार का बन्धन। परापूर्व के कर्मों और संस्कारों की वजह से हमें इस संसार में जन्म-मरण के फेरे में अनिवार्य रूप से भटकना

ही पड़ता है। वह ऐसा बन्धन है कि आत्मसाक्षात्कार हुए विना उससे छुटकारा नहीं होता। यह आवागमन की अनिवार्यता ही भवबन्धन है। भव का अर्थ संसार है, इसे सागर या भवसागर कहा है।

भावनायोग–भावना अन्तःकरण से (हृदय से) उत्पन्न होती है। चिन्तन मस्तिष्क से और क्रिया शरीर से उत्पन्न होती है। अन्तःकरण के पवित्र और निर्मल होने पर भावनाएँ भी विशुद्ध होती हैं और फिर भावनानुसार ही क्रियाएँ होने लगती हैं। चिन्तन भी भावनानुसारी ही है। देवावाहन का मूल शुद्धभावना ही है। ऐसी भावना को भी योग कहा है। भावनोपनिषत् (3) में भावनायोग को ही पूजोपचार कहा है। इसमें सभी क्रियाएँ भावनात्मक ही होती हैं, बाह्य नहीं होतीं। भावनायोग का फल जीवन्मुक्ति है (भावनोपनिषत् 4)।

भूचरसिद्धि–यह एक यौगिक सिद्धि है। योग की अनेकानेक सिद्धियों में से भूचरसिद्धि का वर्णन योगतत्त्वोपनिषद् में किया गया है। केवलकुम्भक प्राणायाम सिद्ध हो जाने पर रेचक-पूरक का त्याग कर दिया जाता है और अभ्यास के समय में निकला पसीना शरीर में ही मल दिया जाता है। देह में कम्प और दर्दुरभाव (मेढक का भाव) के बाद योगी का शरीर पद्मासन स्थिति में ही भूमि से ऊपर उठने लगता है, अतिमानुषी अगम्य चेष्टाएँ होने लगती हैं, यह भूचरसिद्धि है। योग-तत्त्वोपनिषद् (59-60) में सिद्धि का स्वरूप बताया है और (62-63 में) इसकी शर्तें भी बताई हैं।

भूत–प्राणी, बीता हुआ समय, पंचभूत, मृत्यु के बाद प्रेतयोनि—आदि अनेक अर्थों में इस शब्द का प्रयोग होता है। गीता (2.28) में यह शब्द प्राणी के अर्थ में ग्रहण किया गया है। ईशावास्योपनिषद् (7) में भी यह प्राणी के अर्थ में है। इस प्रकार इस शब्द का तीन-चार अर्थों में यत्र-तत्र प्रयोग मिलता है।

भूमा–इस शब्द का सामान्य अर्थ—भारी, गुरु, प्राचुर्य, बहुतायत, बड़ी संख्या, सम्पत्ति, पृथ्वी आदि होता है। पर उपनिषदों का भूमा ईश्वर का रूपविशेष ही होता है। यह निरतिशय है, निःसीम है। छान्दोग्योपनिषद् (7.23.1) में उसे निरतिशय सुखस्वरूप कहा है। और भी छान्दोग्य (7.24.1) कहती है कि—जहाँ पर कुछ अन्य (अलग) नहीं देखा-सुना-जाना जाता वह भूमा है और जहाँ पर कुछ अलग देखा-सुना जाता है, हव अल्प है। भूमा अपनी महिमा में ही प्रतिष्ठित है। वास्तव में तो वही सब की प्रतिष्ठा है, उसकी तो कोई प्रतिष्ठा हो ही नहीं सकती। वह निरालम्ब है। वह ऊपर-नीचे, बाएँ-दायें सर्वत्र व्याप्त है। वह अविभाज्य है, असीम है, अखण्डानन्दरूप है (छान्दो. 7.25.1)। इसके उपरान्त बोधोपनिषत् (2.8) और तेजोबिन्दु. 3.12-13 आदि में भी आत्म-साक्षात्कारी व्यक्ति अपने को भूमा के रूप में बताता है।

भोक्ता–भोग करने वाले अथवा भोगने वाले को सामान्यतः भोक्ता कहते हैं। भोजन या शासन करने वाला भी भोक्ता कहलाता है। अनुभव या सहन करने वाला भी भोक्ता है। कहीं पर प्रकृति को भोग्या और जीव को भोक्ता कहा गया है। इन्द्रियों को घोड़ा, विषयों के चलने का मार्ग और शरीर-मन-इन्द्रियों के साथ रहने वाले जीवात्मा को मनीषीगण भोक्ता कहते हैं (कठ. 1.3.4)। गीता में भगवान् ने अपने को सब यज्ञों का भोक्ता और स्वामी कहा है (गीता 9.24)। कैवल्य (18) में भी यही कहा गया है। वास्तव में भोक्ता, भोग्य और प्रेरयिता (परमात्मा)—इन तीनों का ज्ञान होने पर सब कुछ जान लिया जाता है। ब्रह्म ही इन तीन भेदों में वर्णित है (श्वेता. 1.12)।

भौतिक शरीर–पाँच पञ्चीकृत भूतों से बना हुआ दृश्यमान स्थूलशरीर—शरीर के तीन प्रकार में से एक।

म

मन, मनस्, मानस–पाँच ज्ञानेन्द्रियों और पाँच

कर्मेन्द्रियों के साथ मन-मानस-मनस् को कहीं पर ग्यारहवीं इन्द्रिय के रूप में माना गया है। परन्तु वह अन्तरिन्द्रिय है। मन अन्त:करण की वह वृत्ति है, जिसके द्वारा संकल्प-विकल्प किए जाते हैं। किसी ने मन को सुख-दु:खादि की बोधक ज्ञानेन्द्रिय माना है (तर्कभाषा)। मन द्वारा किए गए मनन को वाणी व्यक्त करती है। (जै. 1.40.5)। मन ही देखता-सुनता है। काम, संकल्प, श्रद्धा आदि सबका कारण मन ही है। मन ही बन्धन और मोक्ष का कारण है (गीता और बृह. 1.5.3)। मन का सामर्थ्य असीम है उसका वेग भी बड़ा भारी है। मन अनन्त है (बृह. 3.1.9)। सांख्य के अनुसार प्रकृति से महत् (बुद्धि) और महत् से अहंकार और बाद में अहंकार से मन उत्पन्न होता है। पाशुपत-ब्रह्मोपनिषद् (पू.का. 11) में महेश्वर सदाशिव को ब्रह्म का मानसब्रह्म कहा गया है।

मनीषी-कवि–सर्वज्ञ, विचारवान्, विद्वान्, विवेकी, प्रतिभाशाली, दूरदर्शी, त्रिकालज्ञ है। विशेष विवेचन के लिए 'कवि' शब्द को देखिए।

मंत्रयोग-लययोग-राजयोग-हठयोग–'योग' शब्द का सामान्य अर्थ जुड़ना-जोड़ना, मिलना-मिलाना, संयोग, संगति, ध्यान, वृत्ति और चित्तवृत्तिनिरोध आदि होते हैं, परन्तु व्यावहारिक दृष्टि एवं प्रक्रिया-भेद से योग के लययोग, मंत्रयोग, राजयोग, हठयोग आदि कई भेद होते है। योगशिखोपनिषद् (129) कहती है कि ये सभी मिलकर महायोग कहलाते हैं। इन सभी योगों की चार अवस्थाएँ होती हैं—आरम्भावस्था, घटावस्था, परिचयावस्था तथा निष्पत्ति-अवस्था।

मन्त्रयोग का लक्षण योगतत्त्वोपनिषद् (21-22) में कहा गया है कि जो साधक मातृकायुक्त बारह सौ मन्त्र का जाप करता हुआ मन्त्रयोग सिद्ध करता है, वह क्रम श: अणिमा आदि सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त करता है। मन्त्रयोग को हंसमन्त्र (सोऽहम्) पर आधृत होने का विवेचन योग-शिखोपनिषद् में किया गया है। श्वास-प्रश्वास द्वारा यह सहज मन्त्रजप सर्वप्राणियों को होता तो रहता है, परन्तु गुरु-उपदेश से साधक सुषुम्ना नाडी में प्राण के प्रविष्ट हो जाने पर इसी मन्त्र का उल्टा (हंस का सोऽहम्) जाप करता है। तब इसे **मन्त्रयोग** कहा जाता है।

लययोग—खाते-पीते, उठते-बैठते, सोते, चलते-फिरते चित्त को परमात्मा में लगाए रहने पर जो योग होता है, वह लययोग है। इसमें किसी भी स्थिति में निष्कल परमात्मा में ध्यान को एकाग्र किया जाता है (यो.त. 23-24)। अन्यत्र कहा गया है कि लययोग के उदय होने पर जीव-परमात्मा का ऐक्य हो जाता है अर्थात् साधक का चित्त ब्रह्म में लीन हो जाता है। तब शरीरस्थ प्राण स्थिर हो जाता है। इससे सुख और आत्मानन्दपूर्वक परम की प्राप्ति होती है। (योगशिखो. 1.134-136)।

हठयोग में अष्टांग योग, मुद्रा, बन्ध आदि किए जाते हैं। इसमें हठपूर्वक इन्द्रियों को सहज धारा से हटाकर निक्षिप्त धारा में लगाया जाता है। इसका विस्तृत विवरण 'हठयोग' शीर्षक में आगे प्रस्तुत है।

राजयोग वह है जो योगों का राजा कहलाता है और उसके द्वारा भी हठयोग की सारी सिद्धियाँ मिल जाती हैं। प्रत्येक जीव की योनि के मध्य में (मूलाधार और योनि के बीच कन्द में) महाक्षेत्र में जपा और बन्धूक के पुष्पों के समान रक्तवर्णी रज होता है। वह दैवी तत्त्वों से समावृत होता है। जब यौगिक क्रियाओं के द्वारा साधक शरीर के ऊर्ध्वभाग-स्थित शिवस्वरूप रेतस् और अधोभाग स्थित रज का योग करता है, तब प्राण और अपान भी उन्हीं में लीन हो जाते हैं। रज-रेतस् की इस योगक्रिया को ही राजयोग कहा जाता है। राजयोगी को हठयोग की आवश्यकता नहीं है।

मन्थ–यह वेदकालीन एक पेय पदार्थ है। कई पदार्थों को मथकर वह बनाया जाता था इसलिए उसे 'मन्थ' कहा गया है। शांखायन आरण्यक (12.8) में ऐसे सभी प्रकार के मन्त्रों का उल्लेख है। सत्तू में दूध मिलाकर बनाये गये पेय को भी मन्थ कहते हैं। सम्भवत: यही प्राचीन मन्थ है।

'मन्थ' का दूसरा अर्थ घर्षण द्वारा अग्नि उत्पन्न करने में बोला जाने वाला मन्त्र भी होता है। बृहदारण्यकोपनिषद् में 'मन्थ' शब्द का उल्लेख कई बार आया है। जब आहुति डालने के बाद स्रुव में जो अवशिष्ट घी लगा रहता है, उसे मन्थ में डालने को कहा जाता है।

मन्यु–क्रोध का पर्याय। परन्तु इसके अन्य पर्यायों में स्तोत्र, कर्म, शोक, योग, क्रोध (पुण्यप्रकोप), साहस, अहंकार आदि भी मिलते हैं। अग्नि और शिव भी 'मन्यु' कहे गए हैं। इन्द्र ने मन्यु से मिलकर असुरों को मारा, ऐसा कहा गया है। (तै.सं. 4.4.8.9)। तैत्तरिय संहिता, मैत्रेयी ब्राह्मण, तैत्तिरीय ब्राह्मण आदि में कई बार अन्यान्य अर्थों में मन्यु शब्द आता है।

ममता–किसी वस्तु पर अति लगाव, अति मोह अति आसक्ति को ममता या ममत्व कहते हैं।

मर्त्य–मरणशील को मर्त्य कहते हैं। यह जगत् 'मर्त्य' है, अत: इसे 'मर्त्यलोक' कहते हैं। कठोपनिषद् (1.1.6, 1.1.28) और बृहदारण्य-कोपनिषद् (4.4.7) में 'मर्त्य' शब्द प्रयुक्त है। कठोपनिषद् में मर्त्य प्राणी को धान्य की उपमा दी है और बृहदारण्यकोपनिषद् में आत्मज्ञान से 'मर्त्य' अमर्त्य बन जाता है, ऐसा कहा है।

महाचक्र–नृसिंहतापिन्युपनिषद् में "मन्त्रराज आनुष्टुभ् नारसिंह मन्त्र से ही महाचक्र बनता है"—ऐसा देवों के प्रश्न के उत्तर में प्रजापति ने कहा है। अनुष्टुप् छन्दोबद्ध आठ-आठ अक्षर वाले चार चरण और बत्तीस अक्षर इस मन्त्रराज में होते हैं। इस महामंत्र को सुदर्शन चक्र भी कहते हैं। यही विष्णु का चक्र है। पद्मपुराण (उत्तरखण्ड के 145वें अध्याय) में सुदर्शन चक्र को शिव ने बनाकर विष्णु को दिया—ऐसा वर्णन है। पूरा नारसिंह मन्त्र (महामन्त्र) इस प्रकार है—"ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंह भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्।" (नृ.पूर्व.ता. 2.6)।

महात्मा–उच्चतम स्वभाव, आचरण, विचार वाले को महात्मा कहते हैं। यह शिव का पर्याय भी है। दर्शनों में यही शब्द परमात्मा और विश्वात्मा के लिए भी प्रयुक्त हुआ है। किसी आदरणीय सन्त को भी महात्मा कहा जाता है। कठोपनिषद् में यमराज को महात्मा कहा गया है।

महात्रिपुरसुन्दरी–प्राणिमात्र के तीनों पुरों (अवस्थाओं)। जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति में विद्यमान रहने के कारण चित् शक्ति को ही 'त्रिपुरसुन्दरी' या 'महात्रिपुरसुन्दरी' कहते हैं।

महापातक–पातक का अर्थ पाप है, यह परपीडन से होता है। श्रेणी के अनुसार पापों की अनेक संज्ञाएँ हैं। महापातक उनमें से एक है। ये महापातक पाँच माने गए हैं—1. ब्रह्महत्या, 2. सुरापान, 3. गुरु-पत्नीगमन, 4. चौर्य और 5. महापातकियों का संग। एक अन्य श्रेणी उपपातक की है, इसके पचास भेद बतलाए गए हैं।

महाबन्ध–मूलबन्ध, उड्डियाणबन्ध और जालन्धर-बन्ध—इन तीनों बन्धों के सम्मिलित रूप को महाबन्ध कहा जाता है। (योग.उप. 112-114)

महामुद्रा–चित्तशोधन और प्राणों के ऊर्ध्वगमन के लिए योग में कही गई मुद्राओं में से एक। महामुद्रा वह है, जिसमें मूलबन्धपूर्वक वामपाद की एड़ी से गुदा और उपस्थ के बीच के स्थान अर्थात् सीवन को दबाया जाता है और दक्षिण पाद को फैलाकर उसकी अँगुलियों को दोनों हाथों से पकड़ा जाता है। इसके बाद वाम नासिका से पूरक करके जालन्धरबन्ध लगाया जाता है। बाद में जालन्धरबन्ध खोलकर दक्षिण नासिका से रेचक किया जाता है। इसी प्रकार दाहिनी ओर से भी यही मुद्रा दुहराई जाती है।

महावाक्य–जीव-ब्रह्मैक्य का प्रतिपादन करने वाले वाक्य 'महावाक्य' हैं। ये चार हैं—1. प्रज्ञानं ब्रह्म, 2. अहं ब्रह्मास्मि, 3.तत्त्वमसि और 4. अयमात्मा ब्रह्म।

महावेध–हठयोगान्तर्गत पाँच बन्धों में से एक। महावेध में मूलबन्धपूर्वक पद्मासन में बैठकर प्राण और अपान वायु को नाभिप्रदेश में एक करके दोनों हाथ तानकर नितम्बों पर मिलाते हुए भूमि

पर जमाकर नितम्बों को आसन के साथ ही उठाकर बार-बार भूमि पर ताडित किया जाता है। इससे प्राण सुषुम्ना में प्रवेश करके कुण्डलिनीजागरण होता है।

मातरिश्वा–अन्तरिक्ष में प्रवहमान पवन का एक पर्याय मातरिश्वा है। कहीं-कहीं अग्नि को भी मातरिश्वा कहा गया है। मातरिश्वा को प्राणदाता पिता कहा गया है (प्रश्न. 2.11)। मातरिश्वा सृष्टि के मूल घटक 'अप्' को धारण करता रहता है (ईश. 8)। केनोपनिषद् (3.8) में वायु ने स्वयं को ही 'मातरिश्वा' कहा है।

माया–सदसद्विलक्षण, भावरूप, अनिर्वचनीय, आवरणविक्षेपरूप अनादि ईश्वरीय शक्ति ही माया है।

मीमांसा–मीमांसा का अर्थ विचार, निर्णय और विवेचन होता है। हमारे दर्शनों में तर्कपूत तत्त्व-निर्णय के लिए पूर्व और उत्तर दो मीमांसादर्शन हुए हैं। जैमिनि ने पूर्वमीमांसा में वेदों के पूर्व भाग कर्मकाण्ड का तत्त्वनिर्णय पूर्वमीमांसा सूत्रों के द्वारा किया और बादरायण ने उत्तर मीमांसा में वेदों के उत्तरभाग (ज्ञानकाण्ड) का तर्कपूर्ण तत्त्वनिर्णय अपने ब्रह्मसूत्रों के द्वारा किया।

मुक्ति-मोक्ष–जन्म-मरण के चक्र से छुटकारा ही मुक्ति है। सांसारिक राग-द्वेष-तृष्णा आदि से मुक्त होने पर ही मुक्ति मिलती है। सच्चे विवेक ज्ञान से (दृग्-दृश्य के विवेक से) तथा पारमार्थिक तत्त्व के ज्ञान से आत्मा के अपरोक्ष ज्ञान रूप मुक्ति होती है। मुक्ति (मोक्ष) मानव-जीवन का अन्तिम पुरुषार्थ (अन्तिम ध्येय, परम लक्ष्य) है। हमारे सभी दर्शन मुक्तिलक्षी हैं।

मुनि–मननशील एवं चिन्तनशील को मुनि कहते हैं। जगत् के हित के लिए चिन्तन-मनन करने वाले ऋषियों और मुनियों की हमारे देश में कमी नहीं। वे हमारी प्राचीनतम संचित निधि हैं। मुनि दुःख में उद्वेगरहित और सुख में स्पृहारहित होते हैं (गी. 2.56)। कामनारहित होकर वे नियत कार्य करते रहते हैं। अपने मोक्ष और जगत् के हित के लिए चिन्तन-मनन करते हैं। ऋषि और मुनि शब्द में यह भेद है कि ऋषि मंत्रद्रष्टा होते हैं और मुनि चिन्तक होते हैं। मुनि मुमुक्षु होते हैं। वे मुक्त बनने जा रहे हैं। मुनि अपरोक्षानुभूति के अधिकारी साधक (मुमुक्षु) होते हैं। कुछ मुनिसत्तम जीवन्मुक्त भी होते हैं।

मुदिता–योगशास्त्र में आध्यात्मिक उन्नति के लिए अनेक साधनाएँ हैं। पातंजलयोगदर्शन में मैत्री-करुणा-मुदिता-उपेक्षा के गुणों द्वारा की जाने वाली चित्तशुद्धि की साधना बताई गई है। (पा.यो.सू. 3.33) अर्थात् सुखियों के सम्बन्ध में मैत्री दुःखियों के सम्बन्ध में करुणा, पुण्यात्माओं के सम्बन्ध मुदिता तथा पापात्माओं के सम्बन्ध में उपेक्षा रखने की यह साधना है। यहाँ मुदिता का अर्थ आनन्द होता है।

मुद्रा–योग में चित्तशोधन और प्राण के ऊर्ध्वगमन के लिए अलग-अलग मुद्राएँ प्रतिपादित की गईं हैं; यथा—1. खेचरी मुद्रा, 2. महामुद्रा, 3. अश्विनी मुद्रा, 4. शक्तिचालिनी मुद्रा, 5. योनि-मुद्रा, 6. योगमुद्रा, 7. शांभवी मुद्रा, 8. तडागी मुद्रा, 9. विपरीतकरणी मुद्रा, 10. वज्रोली मुद्रा, 11. अमरोली मुद्रा, 12. सहजोली मुद्रा आदि। इनमें कुछ प्रमुख मुद्राएँ निम्नवत् हैं—

खेचरी मुद्रा–जीभ को उलटकर कपालकुहर में जाकर दृष्टि को भ्रमूध्य में एकाग्र किया जाता है। यह मुद्रा ध्यान में बड़ी सहायक है। इसके अभ्यास से भूख-प्यास, निद्रा, तृष्णा, मूर्च्छा आदि से छुटकारा होता है। विशेष अध्ययन के लिए योगतत्त्वोपनिषद् (117) देखें।

महामुद्रा–मूलबन्धपूर्वक वाम पाद की एड़ी को गुदा और उपस्थ के बीच दबाते हैं और दक्षिणपाद को फैलाकर उसकी अँगुलियों को दोनों हाथों से पकड़ते हैं। इसके बाद बायें नथुने से पूरक करके जालन्धर बन्ध लगाते हैं। बाद में जालन्धर बन्ध खोलकर दाहिने नथुने से रेचक करते हैं। इस प्रकार दाहिनी ओर से भी यही मुद्रा करनी चाहिए।

अश्विनी मुद्रा–इसमें पद्मासन या सिंहासन में बैठकर योनिप्रदेश का घोड़े की तरह बार-बार

आकुंचन-प्रकुंचन किया जाता है। इससे प्राणोत्थान और कुण्डलिनी की जागृति में सहायता मिलती है।

शांभवी मुद्रा–इसमें मूलबन्ध और उड्डियाण बन्ध पूर्वक पद्म या सिद्ध आसन में बैठकर नासाग्र या भ्रूमध्य में दृष्टि को स्थिर करके ध्यान लगाया जाता है।

वज्रोली मुद्रा–इसमें साधक प्रारम्भ में उपस्थेन्द्रिय द्वारा मूत्र को ऊपर खींचने और पुनर्विसर्जित करने का अभ्यास करता है। बाद में जल, दूध, तेल, घृत, शहद और पारे को भी खींचने और छोड़ने का अभ्यास बन जाता है। अभ्यास के दृढ़ हो जाने पर स्त्रीयोनि में रेतस् विसर्जित करके उसके रज को ग्रहण किया जाता है। पर इसमें किसी अनुभवी सिद्ध का मार्गदर्शन अनिवार्य है। अन्यथा हानि और पतन होता है। (देखिए योगतत्त्वोपनिषद्, 126-127)।

अमरोली मुद्रा–यह वज्रोली मुद्रा का अगला चरण है। इसमें अमरी (मूत्र) की आरम्भ की और अन्तिम धारा को छोड़कर मध्य धारा को हाथ या पात्र में लेकर रोज पीकर तथा उसका नस्य (नाक द्वारा ऊपर लेना) करके जो अभ्यास किया जाता है, वही अमरोली मुद्रा होती है। (देखिए—यो.त. 128)।

सहजोली मुद्रा–इसमें अमरोली सिद्ध ने अमरोली पान और नस्य के बिना भी सहज ही सिद्धि प्राप्त हो जाती है। (देखिए यो.त. 128 की ब्रह्मयोगी टीका)

षण्मुखी मुद्रा–इसका उपयोग मनोविजय और प्राणजय के लिए किया जाता है। जाबाल उपनिषद् (6.32-35) में इसका उल्लेख मिलता है। स्वस्तिक आसन में बैठकर मन को एकाग्र करके अपान वायु को ऊपर चढ़ाकर, धीरे-धीरे प्रणवजप करते हुए, दोनों अँगूठों से कानों को, तर्जनियों से नेत्रों को, अन्य अँगुलियों से नासापुटों को बन्द करके मूर्धा में प्राण (मन) का तब तक ध्यान करें, जब तक आनन्द की अनुभूति न हो। इस तरह प्राण ब्रह्मरन्ध्र में प्रविष्ट हो जाते हैं।

वैष्णवी मुद्रा–मूलाधारादि चक्रों में मन को एकाग्र करने के लिए इस मुद्रा का उपयोग किया जाता है। इसमें मूलाधार, अनाहत, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों में क्रमशः विराजित विराट्, सूत्र, बीज, तुरीय अथवा अन्तर्लक्ष्य में बहिर्दृष्टि (खुले नेत्र) रखते हुए अर्थात् अपलक होकर मन को एकाग्र किया जाता है। (देखिए शाण्डिल्योपनिषद् 1.7.14)

मुहूर्त–रात-दिन का तीसवाँ भाग या बारह क्षण (20 पल या दो दण्ड या दो घड़ी या अड़तालीस मिनट का समय)। किसी शुभ कार्य के लिए फलित ज्योतिष के अनुसार निकाले गये समय को भी मुहूर्त कहा जाता है। शतपथब्राह्मण (10.4.2.18) में कहा है कि प्रजापति ने दिन और रात के पन्द्रह-पन्द्रह भागों को 'लोकम्पृणो' के रूप में देखा। वे देवों के द्वारा रक्षित होते हैं—'मुहुः त्रायते' इसलिए एक दिन में तीस मुहूर्त होते हैं। अतएव उन भागों का नाम मुहूर्त पड़ा।

मूढ–नासमझ-ज्ञानशून्य-जडबुद्धि मूढ कहलाता है। जो हिताहित (अच्छे-बुरे) को समझ नहीं पाता वह मूढ है। मूढ प्रवाहपतित है। यह शब्द कठोपनिषद् (1.2.5) और निरालम्बोपनिषद् (3.3) में आया है। अविद्याग्रसित होने पर भी पंडितम्मन्य को मूढ कहा है और निरालम्बोपनिषद् में कर्तृत्वादि अभिमान वाले को मूढ कहा है।

मूर्ततारक-अमूर्ततारक–साधारणतया 'मूर्त' शब्द का तात्पर्य मूर्तिमान्, आकृतिमान तथा 'अमूर्त' शब्द का अशरीरी या आकारहीन होता है। किन्तु अद्वयतारक, अथर्वशिख, अथर्वशिर, मण्डल-ब्राह्मण आदि उपनिषदों में तारकब्रह्म की दर्शनविधि में विशिष्ट अर्थ है। मूर्ततारक या मूर्तितारक में इन्द्रियों के अन्तस् में (मनश्चक्षु में) तारक (ब्रह्मप्रकाश) का ध्यान किया जाता है तथा अमूर्त या अमूर्ति तारक वह है जिसमें कि दोनों

भ्रुकुटियों के बाहर एक निश्चित दूरी पर उसका दर्शन किया जाता है (अद्वयतारक 10)। मनश्चक्षु से दर्शन करते समय या बाहर भी भौहों से कुछ दूरी पर दर्शन की दोनों स्थितियों में मन को संयुक्त रखना पड़ता है। मूर्ततारक में मन सहित नेत्रों की अन्तर्दृष्टि से देखा जाता है और अमूर्त तारक में मन सहित दोनों भौहों से बाहर एक निश्चित दूरी पर उस तारक प्रकाशरूप ब्रह्म के दर्शन का अभ्यास किया जाता है (मं.ब्रा.उ. 1.3.2)। यह तो तारकयोग का पूर्वार्द्ध ही है, उत्तरार्ध तो अमनस्क स्थिति में ही किया जाता है।

मूलबन्ध–पूर्वोक्त योगशास्त्रीय तीन मुख्य बन्धों में से प्रथम बन्ध। लिंगस्थान और गुदा के रन्ध्र को बन्द करके तथा अपान वायु का ऊर्ध्वगमन करके प्राणवायु को उसके साथ एकत्व करना ही मूलबन्ध है। इसमें बाएँ पैर को सीवन में दृढ़तापूर्वक लगाकर और उसे सिकोड़कर अधोगामी अपानवायु का ऊर्ध्वगमन किया जाता है (यो.त. 120-121)।

मूलाधार–योनि और गुदा के बीच आया हुआ एक चक्र (सात या छः में से एक)। वहाँ पास में कुण्डलिनीशक्ति साढ़े तीन वलय लेकर सुषुप्तावस्था में विद्यमान है।

मृगतृष्णा-मृगरीचिका–रेत पर सूर्य की प्रखर किरणों के पड़ने से दूर से उसमें जो जल का भ्रम होता है, उसे मृगजल, मृगतृष्णा, मरुमरीचिका, मृगमरीचिका आदि नाम दिए गए हैं। ज्यादातर मृगों (हिरनों) को ऐसा भ्रम होने की सम्भावना देखकर ऐसी संज्ञाएँ दी गई होंगी। मिथ्या प्रतीति ही मृगतृष्णा है। रज्जु में साँप या सीप में रजत की प्रतीति भी ऐसा ही भ्रम है। और ब्रह्म में जगत् की प्रतीति भी तो ऐसा ही भ्रम है। इस भ्रम से मुक्त होने का मार्ग ही उपनिषदों का मुख्य उपदेश है।

मृत्यु–अमरत्व का अर्थात् सत्त्व, ज्योति, सत् या ब्रह्म का विरोधी और तमस् का प्रतीक मृत्यु है। अविवेकी, अज्ञानी, बाह्य भौतिक भोगों में फँसा हुआ व्यक्ति मृत्यु को ही (अज्ञानान्धकार को ही) प्राप्त करता है। इसीलिए 'मृत्योर्मा अमृतं गमय'—ऐसी हम प्रार्थना करते हैं।

मृत्युञ्जय–मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले शिव। स्वयं जगत् का संहार करते हुए भी ये अमर ही हैं, उन्होंने मृत्यु को अपने वश में कर लिया है।

मेधा–धारणायुक्त बुद्धि को मेधा कहते हैं। उत्कृष्ट स्मृतिक्षम, मानसिक शक्ति, प्रज्ञा, धारणा, बुद्धि—ये सभी मेधा के पर्याय शब्द हैं। वेदों में मेधाशक्ति की प्रार्थनाएँ हैं। इन्द्र से मेधासम्पन्न करने की प्रार्थना तैत्तिरीयोपनिषद् (1.4.1) में है और वहीं पर ओंकार को मेधा से ढँकी हुई ब्रह्म की निधि कहा गया है। बृहदारण्यकोपनिषद् (1.5.2) में कहा गया है कि प्रजापति ने मेधा से ही सात प्रकार के अन्नों की उत्पत्ति की।

य

यक्ष–एक अर्ध देवयोनि। यक्षगण कुबेर के सेवक हैं। कुबेर निधियों के रक्षक हैं। कुबेर उनके राजा हैं। वे प्रचेताओं की सन्तानें हैं। वटवृक्ष यक्षतरु कहलाता है, क्योंकि उन्हें वटवृक्ष बहुत प्रिय हैं। केनोपनिषद् में ब्रह्म के यक्षरूप बनकर देवों के पास अभिप्राय जानने के लिए जाने की कथा है। गीता (17.4) में यक्षपूजा राजसी प्रकृति वाले लोगों की कही गई है।

यज्ञ–प्रज्वलित अग्नि में हव्य पदार्थों की आहुति देना। वैदिक संस्कृति यज्ञप्रधान थी। यज्ञों का पूरा जाल तत्कालीन संस्कृति का प्रधान अंग था। अध्वर, क्रतु, यष्टि, हवन, होम, अग्निहोत्र आदि उसके पर्याय हैं। उस समय सोमयाग, अश्वमेध, राजसूय, ऋतुयाज, अग्निष्टोम, अतिरात्र, दशरात्र, दर्शपूर्णमास, पवित्रेष्टि, पुत्रकामेष्टि, चातुर्मास्य, सौत्रामणि, पुरुषमेध आदि विविध प्रकार के यज्ञों का बोलबाला था। इन्हें पाकयज्ञ, हविर्यज्ञ, सोमयज्ञ और पशुयज्ञ के नाम से चार विभागों में बाँटा गया है।

यज्ञीय उपकरण और क्रियाएँ–यहाँ प्रमुख यज्ञीय उपकरणों और क्रियाओं का विवरण दिया जा रहा है; यथा—(1) **अन्तर्वेदिका**–यज्ञ के अन्यान्य उपकरणों के साथ एक 'वेदि' भी बनाई जाती है। उस सुन्दर पूर्वाभिमुखी योषितोपम वेदि के अन्दर के भाग को अन्तर्वेदि या अन्तर्वेदिका कहते हैं। परन्तु इसके विषय में विशेष विवरण उपलब्ध नहीं है। केवल उल्लेख ही मिलता है। (2) **अभिषेक**–यज्ञ में की जाने वाली मार्जन की (छिड़कने की) क्रिया को सामान्यतः अभिषेक कहा जाता है। वह मंगल कार्यों के अवसर पर किया जाता है। शिवलिंग पर की जाने वाली जल या दूध की धारा को भी अभिषेक कहते हैं। (रुद्रोपनिषद्) (3) **अवभृथस्नान**–किसी यज्ञ या बड़े मंगल कार्य के अन्त में किए जाने वाले स्नान को अवभृथ स्नान कहते हैं। इसे प्रायश्चित्त स्नान भी कहते हैं। एक यज्ञ की समाप्ति के बाद दूसरे यज्ञ के प्रारम्भ में भी यह किया जाता है। (का.श्रौ. 19.5.16)। (4) **आज्यभाग**–ऋग्वेदी लोग जिस आज्य-आहुति को स्रुवा के द्वारा उत्तराभिमुख होकर अग्नि को समर्पित करते हैं, उसे 'आज्यभाग' कहा जाता है। दक्षिण की ओर सोमदेव के निमित्त दी जाने वाली आहुति को भी 'आज्यभाग' कहा जाता है। यजुर्वेदी लोग अग्नि के उत्तर-पूर्वार्ध में 'अग्नये स्वाहा' कहकर तथा दक्षिण-पूर्वार्ध में 'सोमय स्वाहा' बोलकर जो आहुति देते हैं, वह भी 'आज्यभाग' ही कहलाता है। आज्यभाग होतृवरण और पंच प्रयाज के बाद ही किया जाता है। आज्यभाग की विस्तारपूर्वक प्रक्रिया 'कात्यायन यज्ञपद्धति' नामक ग्रन्थ में दी है, जिज्ञासु को वहाँ पर ही देख लेना चाहिए। (5) **आज्यस्थाली**--आज्य रखने के पात्र को आज्यस्थाली कहा जाता है। आज्याहुतियों के लिए आज्यस्थाली में से चार स्रुवा आज्य (घी) जहू में, आठ स्रुवा उपभृत में और चार स्रुवा ध्रुवा में करने का भी उल्लेख है। (का.श्रौ. 2.7.9-10 एवं 15)। प्राणाग्निहोत्रोपनिषद् तो शरीरयज्ञ में दाहिने हाथ को स्रुवा और बाँये हाथ को ही आज्यस्थाली कहा है। (प्रा.हो. 22) (6) **द्रोणकलश**–एक यज्ञीय पात्रोपकरण। यह पात्र सोम के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह पात्र विकंकत काष्ठ, जिसे किंकिणी या कटाई कहते हैं, से बनता है, उसका आकार चौड़ा होता है। बीच में खड्डा और चारों ओर परिधि बनाई जाती है। वह अट्ठाइस अंगुल लम्बा और बारह अंगुल चौड़ा होता है (कपि.क.सं. 44.9 एवं का.श्रौ. 8.7.4)। प्राणाग्निहोत्रोपनिषद् (22) में मूर्धा को ही द्रोणकलश कहा गया है। (7) **यूप**–विविध यज्ञीय कार्यों के लिए यह एक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ है। पशुयज्ञों में पशुबन्धन के लिए तथा अग्निष्टोम में जयमान दीक्षा में यूपच्छेदन के लिए इसका उपयोग होता है। यह पलाश, बिल्व, खदिर, देवदारु आदि.से बनाया जाता है। वह 3, 5 से लेकर 21 हाथ तक लम्बा हो सकता है (का.श्रौ. 6.1.8-26, 14.5.10 और 20.4.16)। प्राणाग्निहोत्र में यूप को ओंकार कहा है। (8) **स्रुवा**–इंससे यज्ञाग्नि में घी की आहुतियाँ दी जाती हैं। यह एक लगभग हाथ लम्बा और आगे एक अंगुष्ठ तक के गर्तवाला खदिर या विकंकत काष्ठ का या स्रुववृक्ष का बना हुआ होता है। इसे 'स्रुव' भी कहा जाता है। द्रोणकलश और स्रुवा दोनों एक ही वृक्ष के काष्ठ से बनते हैं। (शब्दकल्पद्रुम, खण्ड 4.370 तथा का.श्रौ. 1.3.33)। प्राणाग्निहोत्रोपनिषत् में शरीरयज्ञ के भीतर दाँये हाथ को स्रुव कहा गया है। (9) **सूक्तवाक्**–दर्शपौर्णमासादि श्रौतयज्ञों में स्वस्तिवाचन क्रिया के अन्तर्गत सूक्तवाक् का पाठ किया जाता है। आहवनीय कुण्ड के निकट अध्वर्यु पलाशसमिधा से बनी हुई पश्चिमी परिधि का स्पर्श करके आग्नीध्र से आश्रवण (संवाद) करता है। इसके बाद अध्वर्यु होता को सूक्तवाक् का पाठ करने की प्रैष (आज्ञा) देता है। सूक्तवाक् का मन्त्र—'इदं द्यावापृथिवी' (हौत्र परिशिष्ट 13) आदि है। बाद में होता यह पाठ करता है। (10) **शंयुवाक् अथवा शंयोर्वाक्**–सूक्तवाक् की ही तरह आग्नीध्र और अध्वर्यु के क्रमशः 'संवदस्व'

तथा 'आगानग्रीव' कहने पर अध्वर्यु होता को शंयुवाक् (शंयोर्वाक्) पढ़ने की प्रैष (आज्ञा) करता है। शंयोर्वाक् (शुभवचन) का मन्त्र यह है —'संवदस्वागानग्नीदगञ्छ्रावय श्रौषट्' (का.श्रौ. 3.6.15) 'नञ्छञ्योरावृणीमहे' (सां.श्रौ. 1.14.21) है। होता इस शंयु-संज्ञक मन्त्र का पाठ करता है। कात्यायन श्रौतसूत्र में इसका उल्लेख है और प्राणाग्निहोत्र में शरीर-यज्ञ प्रकरण में तो दाँत-ओठों को सूक्तवाक् और तालु को शंयुवाक् कहा है। (प्राणा. 22) (11) **यज्ञस्तोम**–यज्ञों में देवों के निमित्त किए जाने वाले गुणगान और स्तुतियों को यज्ञस्तोम कहा गया है। सृष्टि के आरम्भ में अकेले नारायण ने अपने भीतर रहे विराट् पुरुष को बाहर लाने के लिए जो ध्यान किया, वही 'यज्ञस्तोम' हुआ— ऐसा महोपनिषद् कहती है (महो. 1.1-4)। (12) **घिष्ण्य**–इस शब्द के तो स्थान, अग्नि, नक्षत्र आदि कई अर्थ होते हैं, पर यहाँ के सन्दर्भ में यह स्थान, गृह, अग्नि के अर्थ में ही प्रयुक्त हुआ है। संहिताओं, श्रौतसूत्रों, ब्राह्मण आदि ग्रन्थों के अध्ययन से पता चलता है कि अग्निष्टोमादि यागों में यज्ञशालाओं में सदोमण्डल में विशिष्ट खुरस्वरूप (कुण्डस्वरूप) बनाए जाते थे। अग्निचयनादि यागों में इन पर ईंटों का चयन भी किया जाता था। (शत.ब्रा. 9.4.3.1)। घिष्ण्य आठ प्रकार के होते थे— आग्नीध्रीय, क्षेत्रीय, प्रशास्त्रीय, ब्राह्मणाच्छंसीय, पौत्रीय, नेष्ट्रीय, अच्छावाकीय और मार्जालीय। कौन-सा घिष्ण्य कहाँ पर रखा जाता था इसका विवरण भी शास्त्रों में मिलता है। घिष्ण्यों के आकारों की विशेषताओं का वर्णन भी ब्राह्मण-ग्रन्थों में विस्तार के साथ मिलता है। आहुतियों के बारे में भी विवरण शतपथब्राह्मण (4.3.4.7) में मिलता है।

यज्ञोपवीत-उपनयन–सोलह संस्कारों में से एक। इसका अधिकार ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्यों के लिए ही है। इससे वे द्विज (दो बार जन्मे) कह जाते हैं। प्राचीन काल में गुरु द्वारा व्याहृतिपूर्वक गायत्री-मन्त्र पाकर शिष्य गुरुगृह-वास करके विद्या प्राप्त करता था और ब्रह्मचर्य का पालन करता था। यह उसका प्रथम आश्रम था। वह ज्ञान के प्रतीक के रूप में तीन धागों वाले जनेऊ को धारण करता था। उसे ही यज्ञसूत्र, उपवीत, ब्रह्मसूत्र आदि कहते हैं (ब्रह्म. 8.10)।

यज्वा–यह 'यज्' धातु से निष्पन्न शब्द है। इसका अर्थ यज्ञ कराने वाला (याज्ञिक) होता है। वस्तुत: ज्ञानी और यज्ञमय (त्यागमय) जीवन जीने वाला साधक ही यज्वा है (ब्रह्मोपनिषद् 22)।

यति–यह संयमशील संन्यासी का ही पर्याय है। विशेष विवरण के लिए 'संन्यासी' शब्द में देखिए।

यन्त्र–यन्त्र के कई अर्थों में से प्रस्तुत सन्दर्भ में यन्त्र का अर्थ 'देवता का अधिष्ठान' ही होता है, अन्य मशीन आदि नहीं। ये यन्त्र सोने, चाँदी ताम्र या भोजपत्रों पर तत्तत् देवता के मन्त्र के बीजमन्त्र आदि लिखकर बनाए जाते हैं। यन्त्रस्थापन करके ही देवता की पूजा करनी चाहिए। देवता के अनुसार मन्त्र-लेखन-सामग्री बदली जाती है। (केसर आदि) यन्त्र पहना भी जाता है और पूजा भी जाता है। उसे बनाने की अनेक विधियाँ हैं, जो तन्त्रसारादि ग्रन्थों में बताई गई हैं। श्रीयन्त्र, रामयन्त्र, सुदर्शन महाचक्र, गोपालचक्र आदि प्रसिद्ध यन्त्र हैं।

यम–इसका एक अर्थ तो मृत्यु के देव हैं और अन्य अर्थ योग के आठ अंगों में से पहला अंग है। यह यम पाँच प्रकार के हैं—1. अहिंसा, 2. सत्य, 3. अस्तेय (अचौर्य), 4. ब्रह्मचर्य और 5. अपरिग्रह।

याज्या-शस्या-शस्त्र–यज्ञोपयुक्त सूक्त, मन्त्र या ऋचा को 'याज्या' कहते हैं। वेद की अन्य ऋचाओं को 'शस्या' कहते हैं और जिन मन्त्रों से होता स्तुति करता है, उन्हें 'शस्त्र' कहा जाता है। देखिए—शतपथब्राह्मण (1.4.2.19), गोपथ-ब्राह्मण (2.3.22), जैमिनिब्राह्मण (1.227) और ऐतरेयब्राह्मण (3.44)।

यायावर–गृहस्थों के चार प्रकारों में से एक। इस प्रकार के गृहस्थ यज्ञ करते-कराते हैं, पढ़ते और पढ़ाते भी हैं। शुभ कार्यों के लिए दान लेते भी हैं और करते भी हैं। आत्मसाधना करते हैं। (देखिए—आश्रमोपनिषद् 2)।

योग–योग का अर्थ है—जोड़ना, मिलाना, संगति आदि। साधना के अर्थ में योग के कई भेद किए गए है—मन्त्रयोग, लययोग और हठयोग, राजयोग आदि (यो.त. 19)। यग-नियमादि योग के आठ अंग हैं। पतंजलि मुनि इस अष्टांग योग के निर्माता हैं। योगसाधना से अनेक विलक्षण शक्तियाँ प्राप्त होती हैं। गीताकार ने 'योग' शब्द का अर्थ 'कर्म-कौशल' और 'समत्व' किया है। (2.50)। गीता ने शरीर, मन और अन्त:करण रूप साधनों के द्वारा क्रमश: कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग को निरूपित किया है। कठोप-निषत् (2.3.13) ने इन्द्रियों की स्थिर धारणा को योग कहा है, तो गीता (6.36) में संयतात्मा को योग-साधन माना गया है। गीता निष्कामकर्मा-चरण को योग के केन्द्र में रखती है।

योगक्षेम–योगक्षेम का अर्थ है—अप्राप्त की प्राप्ति तथा प्राप्त का रक्षण। सामान्य मनुष्य की आकांक्षा इस शब्द में द्योतित है। पर जो असामान्य लोग अध्यात्मरत होते हैं उनके लिए तो परमात्मा का योग या मिलन ही मुख्य है, क्षेम की चिन्ता उन्हें नहीं होती, भगवान् ही उनके क्षेत्र की और जरूरतों की पूर्ति कर देते हैं। उनकी श्रद्धा अत्यन्त बलवती होती है। गीता में भगवान् ने वचन दिया है कि—'योगक्षेमं वहाम्यहम्'।

योगनिद्रा–यौगिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न निद्रा को योगनिद्रा कहते हैं। उसे समाधि का एक अंग माना गया है। वहाँ बाह्यज्ञान नहीं होता, अत: वह निद्रा कहलाती है। इस निद्रा की पराकाष्ठा ही समाधि है। मण्डलब्राह्मणोपनिषद् (2.5.2) में शुद्ध, अद्वैत, चैतन्य और अमनस्क अवस्था ही योगनिद्रा है।

योगी–ऊपर बताए योग की साधना करने वाले को योगी कहा जाता है। गीता के अनुसार निष्काम-कर्माचरण करने वाला योगी है। गीता में कृष्ण ने अर्जुन को ऐसा योगी बनने को कहा है। पर ऊपर के चारों योगों में से किसी भी योग के साधक को योगी कह सकते हैं। उसी का अन्य पर्याय 'योगात्मा' भी है।

योनि–उद्गम, उत्पत्ति-स्थान अथवा उत्पादक कारण के अर्थ में 'योनि' शब्द साधारणतया प्रयुक्त होता है। हमारे शास्त्रों में प्राणियों की ऐसी चौरासी लाख योनियाँ (उत्पत्ति-स्थान), जातियाँ बताई गई हैं। कुछ विद्वानों के मत में अण्डज (अण्डों से उत्पन्न होने वाले) प्राणियों की इक्कीस लाख, स्वेदज (पसीने से उत्पन्न हो वालों) की इक्कीस लाख, उद्भिज्ज (पृथ्वी को फाड़कर उत्पन्न होने वालों) की इक्कीस लाख तथा जरायुज (जरायु से उत्पन्न होने वाले प्राणियों) की संख्या इक्कीस लाख की होती है, इस प्रकार चारों मिलकर चौरासी लाख योनियाँ होती हैं।

र

रयि–जल, सोमरूप अन्न, धन, भोजन आदि इस शब्द के अर्थ होते हैं। आदित्य को प्राण और रयि को चन्द्र माना गया है। प्रकृति से स्थूल-सूक्ष्म, मूर्तामूर्त सभी घटक 'रयि' माने गए हैं। (प्रश्नोप. 1.5 एवं 1.9)। चन्द्रलोक में होकर जाने वाले पितृयान मार्ग को भी 'रयि' कहा गया है। मनुष्य 'रयि' (धन-सम्पदा) की सदैव अपेक्षा करते हैं।

राग-द्वेष–किसी इष्ट वस्तु या सुख की प्राप्ति की अभिलाषा राग (आसक्ति) कहलाती है और इसके विपरीत किसी अनिष्ट वस्तु या दु:ख के प्रति घृणा (अनिच्छा) रखने की वृत्ति को द्वेष कहा जाता है। पतंजलि ने राग को पाँच क्लेशों में से एक माना है। उनके अनुसार सुख भोगते हुए व्यक्ति की वृत्ति अधिकाधिक सुख पाने की ही रहा करती है। वही 'राग' है। राग का मूल अविद्या है और उसका परिणाम क्लेश है। न्यायदर्शन में काम, मत्सर, स्पृहा, तृष्णा, लोभ

आदि सबको अनुराग में ही समाविष्ट किया गया है। प्रशस्तपाद ने द्वेष के पाँच भेद किए हैं—द्रोह, क्रोध, मन्यु, अक्षमता और अमर्ष। योगदर्शन दु:खानुशायी चित्तवृत्ति को द्वेष कहता है (यो.द. 2.8)। रागद्वेष रजोगुण के विकार हैं (गीता. 14.7)। कृष्णोपनिषत् (14) में इन विकारों की तुलना राक्षसों से की गई है। गीता (3.34) में भी इन्हें शत्रु कहा गया है।

राजयोग–योगशिखोपनिषद् (1.136-138) के अनुसार जब साधक शरीर के ऊर्ध्वभाग स्थित शिवस्वरूप रेतस् और अधोभाग स्थित रज का योग करता है, तब प्राण और अपान भी उन्हीं में लीन हो जाते हैं। रज और रेतस् के योग की इस क्रिया को ही राजयोग कहा गया है। (राजयोग की प्रशंसा के लिए देखिए, ह.यो.प्र. 4.8)।

रुद्र–परब्रह्म, ईशान, महादेव आदि इसके पर्याय हैं।

रुद्रग्रन्थि–कुण्डलिनीशक्ति जिन तीन ग्रन्थियों को भेदकर सहस्रार में प्रवेश करती है, उनमें से एक रुद्रग्रन्थि है। पहली ग्रन्थि मूलाधारस्थ है, वह ब्रह्मग्रन्थि है। तदुपरान्त हृच्चक्र-स्थित विष्णु-ग्रन्थि का भेदन करती है और बाद में आज्ञाचक्र-स्थित 'रुद्रग्रन्थि' नामक तीसरी ग्रन्थि को भेदती है। इन तीनों ग्रन्थियों में क्रमश: ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र (महेश) का स्थान माना जाता है (यो.कुं. 1.67-69)।

रुद्राक्ष–(रुद्र + अक्ष) त्रिपुरवध के समय भगवान् रुद्र की आँखों से जो आँसू गिरे उनसे रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई, ऐसा माना गया है (रुद्रजाल 2)।

ल

लक्ष्य-त्रय–ब्रह्मदर्शन में तीन प्रकार की दर्शन प्रक्रियाओं की सहायता ली जाती है। उनमें तीन रंग विशेषों की स्थितियाँ होती हैं और तीन प्रकार के दर्शन होते हैं। वे तीन प्रकार के दर्शन ही लक्ष्यत्रयी हैं। वे ही बाह्यलक्ष्य, मध्यलक्ष्य तथा अन्तर्लक्ष्य रूप लक्ष्य-त्रय हैं। ब्रह्मज्योतिदर्शन में सर्वप्रथम 4, 6, 8, 10 और 12 अंगुल की दूरी पर क्रमश: नीला, काला, लाल, पीला और मिश्र रंग का आकाश दिखाई देता है, वह बाह्य लक्ष्य है। प्रात:काल में ध्यान के समय पर सूर्य-चन्द्र-अग्नि की ज्वालाओं के समान और ध्यानरहित समय में अन्तरिक्ष समान दिखाई देता हो, तब उसे मध्यलक्ष्य कहते हैं और अन्तर्लक्ष्य दीप्तिमान ज्योतितुल्य है। महर्षिगण ही इस इन्द्रियातीत ज्योति को जान सकते हैं। इस अन्तर्लक्ष्य ज्योति के बारे में विद्वानों में बड़ा मतभेद है। कोई इसे सहस्रार दल में, कोई इसे बुद्धि की गुहा में सर्वांगसुन्दर पुरुष रूप में, तो कोई शीर्ष स्थान में स्थित उमासहित पंचमुखी महेश्वर के रूप में मानते हैं। कुछ लोक 'अंगुष्ठमात्र पुरुष' (हृदयस्थ) को ही अन्तर्लक्ष्य मानते हैं। (विशेष विवरण के लिए देखिए—मण्डलब्राह्मणोपनिषत् 1.2.8, 1.2.11-12, 1.3.6 और 1.4.1-2)।

लययोग–योग के प्रकारों में से एक। योग-तत्त्वोपनिषत् (21-22) के अनुसार मातृकायुक्त बारह सौ मन्त्रों का जप करने से मन्त्रयोग सिद्ध होता है, वह बड़ा सिद्धिदायक है। विशेष विवेचन 'मन्त्रयोग' शब्द में किया गया है।

लिंगशरीर–जब मृत्यु के समय जीव अपने स्थूल शरीर को छोड़कर जाता है, तब लिंगशरीर या सूक्ष्मशरीर को साथ में लेकर ही जाता है। पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच प्राण तथा मन और बुद्धि—इन सत्रह तत्त्वों से सूक्ष्मशरीर बनता है (शारीकोपनिषत्)।

लीलाविग्रह–सनातन ब्रह्म जिस प्रकार अपनी माया (विराट् लीलाविग्रह) से ही मंच पर नाटक करने के समान मानव-शरीर धारण करते हैं, उसी प्रकार पूर्ण पुरुष सनातन ब्रह्मरूप श्रीकृष्ण ने गोपवेश धारण किया था। वास्तव में तो वे पूर्ण पुरुष, सनातन ब्रह्म साक्षात् श्रीहरि ही हैं। (देखिए कृष्णोपनिषत् 10-12)। ऐसे ब्रह्म के लीलामय शरीर को ही लीलाविग्रह कहते हैं।

लोक–पुराणों में सात लोक उल्लिखित हैं। वस्तुत: पृथ्वी के ऊपर भी सात लोक हैं और पृथ्वी के नीचे भी सात लोक माने गए हैं। इस

प्रकार कुल मिलाकर चौदह लोक ही होते हैं। ऊपर के लोक—भू:, भुव:, स्व:, जन:, तप:, मह: और सत्य हैं तथा नीचे के लोक—अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल और पाताल हैं (पद्मपुराण)। उपनिषदों ने शीर्षस्थ इन्द्रियों—दो आँखें, दो कान, दो नासिकाएँ और एक मुख को सात लोक कहे हैं। उपनिषदों में इहलोक को (पृथ्वी को) और परलोक को इनके अतिरिक्त कहा गया है।

व

वरदान–किसी देवी-देव या मनुष्य-महापुरुष से माँगा हुआ पदार्थ प्राप्त हो, उसे वरदान कहा जाता है (वर = श्रेष्ठ वांछित वस्तु और दान = दिया जाना)। कठोपनिषद् में नचिकेता की यमराज से तीन वरदान माँगने की कथा है। 'वर' का दूसरा अर्थ श्रेष्ठ महात्मा भी होता है (कठ. 1.3.14)। दैवी शक्तियाँ वरदान देती हैं। मनुष्य वर देता नहीं है, माँगता है।

वषट्कार-हन्तकार–देवों के लिए किया गया खास यज्ञ वषट्कार कहलाता है। कहीं-कहीं पर यह शब्द स्वाहाकर के अर्थ में भी प्रयुक्त होता है। यह शब्द यज्ञ की प्रतिष्ठा माना गया है। (तै.सं. 7.5.5.3)। इसे वैश्वानर अग्नि और सूर्य से भी सम्बद्ध किया गया है (मै.ब्रा. 4.6.7)। अतिथि या संन्यासी आदि के लिए गृहस्थ लोग भोजन का कुछ अंश निकाला करते थे। इसको हन्तकार कहा जाता था।

वह्नियोग–कुण्डलिनी-जागरण के लिए प्रतिपादित अनेक यौगिक प्रक्रियाओं में वह्नियोग या अग्नियोग भी एक अत्यन्त महत्त्व का सोपान है। योगचूडामण्युपनिषत् के अनुसार इस वह्नियोग से सुषुप्त कुण्डलिनी जागत् होती है। वह्नियोग एक प्रकार की प्राणायाम प्रक्रिया है (योगचूडामणि 36.39)। यह मंत्रोक्त वह्नियोग कदाचित् सूर्यभेदी प्राणायाम की प्रक्रिया हो सकती है, क्योंकि इससे सूर्यचक्र का जागरण होकर आन्तरिक अग्नि उत्पन्न होती है। सूर्य-भेदी की भावना भी इसी के समान है। दोनों लगभग एक समान हैं। हठयोगप्रदीपिका (3.116) में भी कुण्डलिनी-साधना में भानु के आकुंचन और अग्नि के वशवर्ती होने की बात कही गई है, अत: दोनों एक ही है, ऐसा मालूम पड़ता है।

वह्निशिखा–यह शब्द यों तो एक वृक्ष का नाम है, पर उपनिषदों में इस शब्द का एक विशिष्ट अर्थ है। चतुर्वेदोपनिषत् में चारों वेदों की उत्पत्ति विराट् पुरुष से कही गई है। उसमें कहा गया है कि सहस्रशीर्ष सहस्राक्ष विराट् पुरुष कमलकोश समान हृदय में नीचे मुख करके एक कोश के रूप में लटका है, वह शक्तिसम्पन्न है। उसके बीच में श्रेष्ठ अग्नि (ज्योति) चतुर्मुखी ज्वालायुक्त स्थित है। उसी के बीच वह्निशिखा (अग्निज्योति - श्रेष्ठ शिखा) के बीच विराट् पुरुष (परब्रह्म) स्थित है। वही परमज्योति परमात्मा या परब्रह्म आदि कही जाती है (चतुर्वेदो. 4.6)।

वाक्सिद्धि–आहार-नियमन तथा निरन्तर सत्य बोलने के अभ्यास से वाक्सिद्धि प्राप्त होती है। वाक्सिद्धि वाला मनुष्य जो भी अपने मुँह से बोलता है, वह सत्य हो जाता है। इसके लिए अनेक यौगिक क्रियाएँ भी होती है। त्रिशिखि-ब्राह्मणोपनिषद् (111-112) में कहा गया है कि ब्राह्ममुहूर्त में जिह्वा से वायु को खींचकर पी लेने से तीन मास में वाक्सिद्धि होती है।

वाजपेय यज्ञ–सोमयाग की सात संस्थाओं में वाजपेय पाँचवाँ है। वह षोडशी याग की विकृति है। उसी से ही इसकी लगभग सभी क्रियाएँ सम्बद्ध है। सम्राट् बनने की कामना वाला आहिताग्नि ब्राह्मण या क्षत्रिय इसे शरद् ऋतु में करता है (शत.ब्रा. 5.1.1.14 और 5.1.1.11)।

वाजी–यह 'अश्व' शब्द का पर्याय है। वेदों और शास्त्रों में बलिष्ठ पशु के सन्दर्भ में सुप्रसिद्ध है।

वाणी–मुख से निकले हुए सार्थक शब्द वाणी कहे जाते हैं।

वानप्रस्थ–भारतीय जन-जीवन के शास्त्रीय चार विभागीकरण (आश्रमों) में से तीसरा आश्रम।

वार्ताकवृत्ति–चार प्रकार के गृहस्थों में से एक। वे गृहस्थ वार्ताकवृत्ति कहलाते हैं, जो कृषि, पशुपालन आदि कार्य आनन्दपूर्वक करते हुए सौ वर्षों तक यज्ञोपासनादि करते रहते हैं (आश्रमोपनिषद् 2)।

वालखिल्य–वानप्रस्थ आश्रमियों के चार भेदों में से एक। जो वानप्रस्थ जटा धारण करके फटे वस्त्र और वृक्ष की छालों को शरीर का आवरण बनाकर आठ मास तक (मार्गशीर्ष से आषाढ़ तक) उपार्जित पुष्प-फल-शाक-कन्दमूल आदि तथा अन्न ग्रहण करके बाकी के चातुर्मास्य में उसी संचित अन्नादि द्वारा आजीविका चलाते हैं। वे चातुर्मास्य में कुछ ग्रहण नहीं करते। वे लोग पंचमहायज्ञ करते हैं (आश्रमोपनिषद् 3)।

वासनात्रय–'वासना' शब्द के तो आशा, ज्ञान, संस्कार, स्मृति, हेतु, भावना आदि अनेकानेक अर्थ होते हैं, पर किसी वस्तु या व्यक्ति के प्रति अत्यधिक स्नेह या मोह के कारण किसी तत्सम्बन्धी प्रसंग के आने पर उसकी वासना जाग उठती है। ऐसी तीन प्रकार की वासनाओं को उपनिषदों ने वासनात्रय कहा है; यथा—1. देह सम्बन्धी वासना, 2. मन सम्बन्धी वासना और 3. बुद्धि सम्बन्धी वासना।

विकार–किसी व्यक्ति या श्रेष्ठ वस्तु की वृत्ति या प्रकृति में बदलाव आ जाने को विकार कहते हैं। खराबी, दोष और अवगुण भी विकार कहे जाते हैं। जैसे—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य—ये सब विकार हैं। (गीता 2.62, 16.21 आदि)।

विक्षेप–माया की दो शक्तियों (आवरण और विक्षेप) में द्वितीय शक्ति। इसके द्वारा जो वस्तु जिसमें नहीं है, वह दिखाई देती है, जैसे रज्जु में साँप और ब्रह्म में जगत्। इसे अध्यारोप या आरोप भी कहते हैं। इसके अन्य शब्द विपर्यास और विपर्यय भी हैं। इसी को पारिभाषिक रूप से 'विवर्त' भी कहते हैं।

विचारणा–अक्ष्युपनिषद् और महोपनिषद् में योग की जो सात भूमिकाएँ बताई गई हैं, उनमें से दूसरी भूमिका विचारणा नाम की है। वैराग्य धारण करने से पूर्व जब सांसारिक मायाजाल के प्रति ग्लानि का भाव उत्पन्न होता है और शास्त्रादि के प्रति जिज्ञासा-भाव उत्पन्न होता है, और श्रेष्ठ कर्म करने की इच्छा होती है, तब उसे 'विचारणा' की भूमिका कहा जाता है।

विज्ञानात्मा–स्थूल शरीर के व्यष्टि उपहित चैतन्य के विश्व कहते हैं। वही विश्व 'विज्ञात्मा' भी कहा जाता है (पैंगलोपनिषद् 2.6)।

विदेहमुक्ति—यहाँ जब मनुष्य जीवन्मुक्त होते हुए प्रारब्ध कर्मों का फल भोगता हुआ जीता रहता है, और प्रारब्ध कर्मों के क्षीण होने हो जाने पर देहत्याग करके मुक्त हो जाता है, उसे विदेहमुक्त कहते हैं। विगत देह वाली मुक्ति ही विदेहमुक्ति है। ('न तस्य प्राण उत्क्रामन्ते' आदि)।

विद्वान्–ज्ञाता, जानकार, बुद्धिमान, विद्यावान, ये सभी शब्द उपनिषदों में अनेक बार आये हैं। (जैसे ईश. 18, मुण्डक. 3.2.8, निरा. 32 आदि)।

विद्या–'विद्या' का अर्थ ज्ञान है। वह परा-अपरा दो प्रकार की है। यथार्थ ज्ञान विद्या है। विवेक ज्ञान भी विद्या है। मुक्तिदात्री विद्या है। अमृतदात्री विद्या है। (ईश. 11, मैत्रा. 7.9, केन. 2.4, संन्यास. 2.83-84, संहितोपनिषद् 3.4 आदि)।

विधाता–विधान, रचना, निर्माण करने वाला। सृष्टि का सर्जक, ब्रह्मा, ईश्वर, धाता। (देखिए ऋग्वेद, 8.3.17, मैत्रा. 5.8, निरुक्त 10.26 और 11.10)।

विनियोग–फलोद्देश्य से किसी वस्तु के उपयोग को 'विनियोग' कहते हैं। वैदिक कार्यों में मन्त्र-विशेष के प्रयोग को विनियोग कहा जाता है। प्रेषण, प्रवेश आदि भी इस शब्द के अर्थ हैं। जाबालदर्शनोपनिषद् (6.2.13) में साधना प्रक्रिया में किए जाने वाले प्रयोग को विनियोग कह गया है।

विभु–इस शब्द के अनेक अर्थ हैं; यथा—व्यापक, स्वामी, शंकर, ब्रह्म, विष्णु, आत्मा, जीवात्मा, ईश्वर आदि। वेद-पुराण-उपनिषदों में विराट् ब्रह्म

की सर्वव्यापकता के अर्थ में इसका अनेक बार प्रयोग किया गया है। पैंगलोपनिषद् (2.1) आदि अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं।

विरज–रज (रजोगुण) जिसमें न हो, वह 'विरज' कहलाता है। पञ्चब्रह्मोपनिषद् (1) में ब्रह्म को विरज (रजोगुणरहित अर्थात् गुणत्रयरहित) कहा गया है।

विरजा–इस शब्द के वृक्ष, प्रेमिका, तीर्थ, नाड़ी और नामों में ययाति की माता, ऋक्ष, वानर की पत्नी आदि अनगिनत अर्थ होते हैं। यहाँ के सन्दर्भ में कौषीतिकिब्राह्मणोपनिषद् के अध्याय 2 एवं 3 में यह एक नदी है। साधक विरजा नदी के पास जाकर संकल्पमात्र से उसे भी लँघ जाता है। गायत्रीरहस्योपनिषद् में इसे गायत्री की चौबीस शक्तियों में से एक कहा गया है (गा.र. 6)। क्षुरिकोपनिषद् में इसे एक नाडी कहा गया है।

विराट् पुरुष–सार्वभौम शक्तिसम्पन्न परमपुरुष। दृश्यादृश्य अनन्त सृष्टि का सर्जक है। उसकी हजारों संज्ञाएँ हैं (शां.भ. 25.9.4)। सारा जगत् उसका शरीर है। सृष्टि के परे दस अंगुल तक उसकी स्थिति है (पुरुषसूक्त)।

विवर्त–जो न हो अर्थात् कारण के न होते हुए भी कार्यरूप में दिखाई पड़े, वह विवर्त कहलाता है, जैसे ब्रह्म में विश्व विवर्त है।

विवस्वान्-वैवस्वत–बारह आदित्यों में एक को विवस्वान् नाम दिया गया है। सूर्य के आदित्य आदि बारह नाम हैं। उसकी पत्नी 'संज्ञा' है। भागवतपुराण के छठे स्कन्ध के छठे अध्याय में तथा ब्रह्माण्डपुराण के 2.38 तथा भागवतपुराण 9.1.15 में विवस्वान् सम्बन्धी सभी बातें वर्णित है।

विश्व–स्थूल शरीर के व्यष्टि-उपहित चैतन्य को विश्व कहा जाता है। वह एक जीवसंज्ञा है।

विषयभोग–ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा शब्द-स्पर्शादि विषयों का अनुभव करना ही विषयभोग है। (गीता 2.62)।

विष्णुग्रन्थि–कुण्डलिनीशक्ति के सहस्रार तक जाने के मार्ग में आने वाली भेदन करने योग दूसरी ग्रन्थि (तीन ग्रन्थियों में से दूसरी ग्रन्थि)।

वीतराग–साधना की उच्चतम स्थिति में पहुँचा हुआ साधक। राग-द्वेषादि समस्त वासनाओं से रहित। जैसे बुद्ध, महावीर आदि (गीता 4.10)। जाबालदर्शनोपनिषद् (6.50-51) में इसकी अधिक विवेचना की गई है। महोपनिषद् के 67वें मन्त्र में भी इसका विवेचन है।

वीर्य–शरीर की सात धातुओं में से एक। यह बल और कान्तिदायक धातु है। आत्मा से (प्रकृति सूर्य या अग्नि से) वीर्य की प्राप्ति होती है (केन. 2.4)। वीर्य का अर्थ सामर्थ्य भी होता है। (केन. 3.5)।

वेद-वेदत्रयी–वेद संसार का प्राचीनतम ग्रन्थस्थ ज्ञानराशि है। यद्यपि वेद चार हैं—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद। परन्तु वेदत्रयी इसलिए कही जाती है, क्योंकि वैदिक वाङ्मय संहिता, ब्राह्मण और उपनिषत्—तीनों को मिलाकर कहा जाता है। अथवा—मन्त्र, गद्य और गायन (क्रमशः ऋक्, यजुः, साम)—इन तीनों के कारण वेदत्रयी कहा गया है।

वेदांग–वेदों के साथ अंगरूप में अध्ययन किये जाने वाले शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्यौतिष—इन छः विषयों को वेदांग कहा गया है।

वेदान्त–वेदों के अन्तभाग को (अर्थात् सार भाग को), तत्त्वज्ञान को अर्थात् उपनिषदों को वेदान्त कहा जाता है। उपनिषदों के उपकारक शारीरक सूत्रों और गीता आदि अन्यान्य ग्रन्थों को भी वेदान्त कहा जाता है।

वैकुण्ठ–भगवान् विष्णु का धाम (स्थान) वैकुण्ठ है। पुराणानुसार यह सत्यलोक के ऊपर है। भगवान् विष्णु के द्वारा मुक्ति पाए गए लोग यहाँ अजर-अमर होकर रहते हैं। अवतार के समय भगवान् सारे वैकुण्ठ को नीचे भूतल पर उतार देते हैं (कृष्णोपनिषद् 25)। अधिक जानकारी के लिए नारायण उपनिषद् (4) देखें।

वैराग्य–सांसारिक विषयभोगों को तुच्छ मानने की वृत्ति वैराग्य है। वैराग्य से ही संन्यास ग्रहण किया जाता है। भोग्य पदार्थों के प्रति वासना का अभाव ही वैराग्य है (अध्यात्मो. 41)। वैराग्य का फल बोध और बोध का फल उपरति और उपरति का फल आत्मानुभवजन्य शान्ति है। (अध्यात्मो. 28)।

वैश्वदेव–प्रतिदिन संस्कृत अग्नि में पके अन्न द्वारा सर्वदेवों के उद्देश्य से किया जाने वाला हवन।

वैश्वानर–सामान्य अर्थ अग्नि है। भोजन के पाचन में योगदान देने वाले शरीरस्थ परमात्म चेतन का अंश भी 'वैश्वानर' कहलाता है (गीता 15.14)। चतुर्विध प्राणियों का समष्टिगत अधिष्ठातारूप चैतन्यांश भी 'वैश्वानर' है।

वैखानस–यह भी वानप्रस्थियों का एक प्रकार है। ग्रामीणों द्वारा उपेक्षित, स्वयं उत्पन्न, पकी हुई औषधियों और वनस्पतियों को अग्नि में पकाकर खाने वाले और पंचयज्ञ करने वाले वानप्रस्थ लोग वैखानस कहे जाते हैं (आश्रमोपनिषद् 3)।

व्यष्टि-समष्टि–समूह या समाज से पृथक् किए गए पदार्थ या व्यक्ति को व्यष्टि कहते हैं। सामूहिकता के अभाव वाले व्यक्ति को व्यष्टि की संज्ञा दी गई है। इससे ठीक विपरीत अर्थ वाला शब्द 'समष्टि' है। समूह ही समष्टि है। उपनिषद् में कहीं-कहीं व्यष्टि का अर्थ सर्वव्यापकता भी लिया गया है। (कौ.बा. 1.7)

व्याहृति–एक प्रकार का कथन। व्याहृतियाँ सात मानी गई हैं—भूः, भुवः, स्वः, तपः, जनः, महः और सत्यम्। पहली तीन महाव्याहृतियाँ हैं। पुराण इन्हें सविता और पृश्नि की कन्याएँ मानते हैं। उपनिषद्-ग्रन्थों में पहली तीन को तीनों वेदों के निचोड़–अभिस्रवित साररूप रस के रूप में माना गया है (तैत्ति. 1.5.1, जैमिनि 2.9.3)। जैमिनीय (1.23.6) के अनुसार तीनों व्याहृतियों के निचोड़ से ॐ अक्षर अभिस्रवित हुआ है।

व्योम-व्योमपञ्चक–व्योम का सामान्य अर्थ है 'आकाश'। यह मेघ का पर्याय भी है। विष्णु को भी 'व्योम' कहते हैं। शिव का भी एक नाम 'व्योमकेश' है। लोक को भी व्योम कहा है। (शत.ब्रा. 7.5.2.18)। तैत्तरीयसंहिता में अन्न को भी व्योम कहा गया है (5.3.3.2)। मण्डल-ब्राह्मणोपनिषत् (4.1.2) के अनुसार आकाश, पराकाश, महाकाश, सूर्याकाश और परमाकाश के समुच्चय को व्योमपंचक कहा गया है।

व्रात्य–इस शब्द के व्रतधारी, परमेश्वर आदि अर्थ पहले थे, परन्तु परवर्ती काल में इस शब्द का अर्थ उल्टा ही हो गया और कर्तव्यभ्रष्ट, च्युत आदि अर्थ में इस शब्द का उपयोग होने लगा। संस्कारहीन व्रात्य कहलाता है। जैमिनीय ब्राह्मण में व्रात्य शब्द सम्भवतः व्रतों के नियम-उपनियम के अर्थ में है (जै.ब्रा. 2.221)। यही शब्द प्रश्नोपनिषद् में प्राण के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

श

शक्तिचालिनी मुद्रा–योगशास्त्रीय दस मुद्राओं में से एक। सिद्धासन या पद्मासन में बैठकर दोनों हथेलियाँ जमीन पर जमा दें। बीच-पचीस बार धरती से नितम्बों को उठाकर पृथ्वी पर ताडन करे, बाद में मूलबन्ध लगाकर नासिका के समुचित छिद्र से पूरक करके, प्राण-अपान को संयुक्त करके, जालन्धरबन्ध लगाकर यथाशक्ति कुम्भक करना चाहिए। कुम्भक काल में अश्विनी मुद्रा करनी चाहिए। बाद में जालन्धरबन्ध खोलकर पूरक से विपरीत नासिका से रेचन करना चाहिए और विकाररहित होकर स्थिर हो जाना चाहिए। तब यह मुद्रा होती है। इसका विशेष वर्णन घेरण्डसंहिता, हठयोगप्रदीपिका आदि ग्रन्थों में किया गया है। जिज्ञासुओं को उन ग्रन्थों से जान लेना चाहिए। यहाँ विस्तार-भय से इतना ही कहा है।

शब्दब्रह्म–ओंकार को शब्दब्रह्म कहा गया है। आध्यात्मिक सन्दर्भों में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होने से उसे साक्षात् ब्रह्म कहा गया है। (तैत्तिरीयोपनिषत् 1.8.1)। ब्रह्मबिन्दु उपनिषद् (16-17) में, उसका ध्यान-चिन्तन विहित है और परब्रह्म से उसकी एकता बताई है। मैत्रायण्युपनिषद् (6.22) में भी यही बात कही गई है।

शस्त्र–यज्ञ में होता जिन मन्त्रों से स्तुति करते हैं, उस स्तुति को शस्त्र कहा जाता है।

शान्ति–क्रिया-वेग-गति-क्षोभ-उद्वेग आदि से रहित स्थिति। चित्त की वासना आदि का क्षय। आराम, निवृत्ति, अनिष्ट-निवारण। इसे श्रद्धावान् प्राप्त करता है (गीता 4.39)।

शांभवी मुद्रा–मूल तथा उड्डियाणबन्ध पूर्वक पद्म या सिद्ध आसन पर बैठकर नासाग्र अथवा भ्रूमध्य में दृष्टि को स्थिर करके ध्यान लगाने से शांभवी मुद्रा होती है।

शालीनवृत्ति–गृहस्थों के चार प्रकारों में एक। जो स्वयं यज्ञादि करते हैं, पर दूसरों को नहीं कराते वे शालीनवृत्ति हैं।

शास्त्र–प्राचीन ऋषि-मुनियों के ग्रन्थ। कर्तव्या-कर्तव्य बोधक अनुशासन। चार वेद, छः वेदांग, मीमांसा, न्याय, धर्मशास्त्र, पुराण, आयुर्वेद, धनुर्वेद, गंधर्ववेद और अर्थशास्त्र मिलकर वे कुल 18 माने गए हैं।

शीतली प्राणायाम–योगशास्त्रों में लगभग 96 प्रकार के प्राणायाम बताए गए हैं, उनमें 9 मुख्य है। उनमें एक शीतली प्राणायाम है। इसका वर्णन गोरक्षसंहिता तथा घेरण्डसंहिता में किया गया है। क्रियाभेद से कुम्भकप्राणायाम के सहित आदि आठ भेदों में शीतली एक है। शीतली प्राणायाम में सर्वप्रथम दोनों नथुनों को बन्द करके दोनों ओठों को कौए की चोंच के समान बनाकर जिह्वा को थोड़ा बाहर निकाला जाता है। इसके बाद मुख द्वारा धीरे-धीरे वायु को अन्दर खींचा जाता है। यथाशक्ति कुम्भक करके दोनों नथुनों से धीरे-धीरे वायु बाहर निकाला जाता है। यही शीतली प्राणायाम है। (हठयोगप्रदीपिका 2.57-58)। योगकुण्डलिन्युपनिषद् के अनुसार शीतली प्राणायाम थोड़ा अलग है (योग. 21, 30 एवं 31)।

शुद्धि-शुचिता-पवित्रता–उपनिषदों ने केवल शारीरिक शुद्धि को ही नहीं, अपितु आन्तरिक पवित्रता को ही अधिक महत्त्व दिया है। नियमों से ज्यादा यमों को महत्त्व दिया है (मैत्रेयी. 2.10)। ज्ञानरूपी मिट्टी और वैराग्यरूपी जल से धोए जाने पर ही सच्ची आन्तरिक पवित्रता होती है। (मैत्रेयी. 2.3)।

शुभेच्छा–योग की सात भूमिकाओं में से पहली भूमिका। वैराग्य धारण करने से पहले सांसारिक मायाजाल के प्रति ग्लानि का भाव उत्पन्न होता है और शास्त्रजिज्ञासा होती है तथा सत्कर्मों के आचरण की वृत्ति होती है, तो उसे शुभेच्छा नामक योग की प्रथम भूमिका कहा गया है।

शृंगारकला–चित् शक्ति (बह्वृचोपनिषद् 1) ही आदि देवी हैं।

शोक–अनिष्ट-प्राप्ति से हृदय में जो भाव होता है उसे 'शोक' कहा जाता है।

शौच–पाँच प्रकार के नियमों में से एक। आन्तरिक एवं बाह्य पवित्रता को शौच कहते हैं।

श्रद्धा–यह सत्य की धारणा (श्रत् + धा) है। प्रेमभक्तिपूर्वक पूज्यभाव को श्रद्धा कहते हैं। यह एक हृदयवृत्ति है (बृहदारण्यक. 3.9.2)। गीता में त्रिगुणानुसार श्रद्धा के तीन भेद किए गए हैं। (17.2)। श्रद्धाविहीन हवन-दानादि और तप आदि को व्यर्थ कहा है (गीता 17.28)। मनु के अनुसार श्रद्धापूर्वक किया गया धर्माचरण ही फलदायी होता है (मनु. 4.226)। गीता (17.3, 7.21) एवं ऋग्वेद (10.151.4) आदि में श्रद्धा की महिमा गाई गई है।

श्रवण–गुरुमुख से शास्त्र का श्रवण। आत्मज्ञान के लिए वेदान्तप्रतिपादित प्रथम साधन।

श्राद्ध–पितरों के प्रति श्रद्धाभाव से अर्पित जल या भोज्य-पदार्थ को 'श्राद्ध' कहते हैं। शास्त्रों के या लोक विधि के अनुसार पितरों के प्रति किए गए कार्य को श्राद्ध कहते हैं। मनु ने श्राद्ध के पाँच प्रकार बतलाए हैं—नित्य, नैमित्तिक, काम्य, वृद्धिश्राद्ध और पार्वण। भविष्यपुराण में बारह प्रकार के श्राद्ध बताए गए हैं। श्राद्ध का प्रारम्भ करने वाले इक्ष्वाकुपुत्र निमिराज माने गये हैं।

श्रीचक्र-श्रीबीज-श्रीविद्या–इत्यादि शब्दों का विवरण 'त्र्यक्षरी विद्या' शब्द में द्रष्टव्य है।

श्रुति–वेदमन्त्रों, ब्राह्मणों, आरण्यकों और उपनिषदों को 'श्रुति' कहा जाता है, क्योंकि वे ऋषियों ने रचे नहीं, अपितु द्रष्टाओं ने अन्य ऋषियों को सुनाए है।

श्रेय-प्रेय–श्रेय कल्याणकारी आध्यात्मिक मार्ग है, और प्रेय भौतिक उन्नति करने की इच्छा से लिए जाने वाले मार्ग को कहते हैं। आनन्दस्वरूप परब्रह्म की प्राप्ति का मार्ग श्रेय है तथा इस लोक या स्वर्गलोक के सुख-भोगों की प्राप्ति के लिए सामग्रियों को जुटाने का मार्ग है, वह 'प्रेय' का मार्ग है। (अधिक के लिए देखिए, कठ. 1.2.2)।

श्रोत्रिय–वेद-वेदांगों में पारंगत पण्डित को 'श्रोत्रिय' कहा जाता है। सुसंस्कृत ब्राह्मण विद्वान् 'श्रोत्रिय' कहलाता है। ऐसे ज्ञानी श्रोत्रिय का उल्लेख बृहदारण्यकादि उपनिषदों में किया गया है। (बृहदारण्यक. 6.1.14, मैत्रायणी. 6.15, तैत्तरीयो. 2.8 आदि)।

ष

षट्चक्र–योग-साधना के ग्रन्थों में 'षट्चक्रभेदन' (षट्चक्रवेधन) का उल्लेख कुण्डलिनी जागरण के लिए किया जाता है (यो.शि. 6.74, यो.कु. 3.7.12)। वे छः चक्र हैं—1. मूलाधार, 2. स्वाधिष्ठान, 3. मणिपूर, 4. अनाहत, 5. विशुद्धचक्र और 6. आज्ञाचक्र।

षडंगन्यास–इसके विवरण के लिए 'अंगन्यास' शब्द द्रष्टव्य है।

षड्ऊर्मियाँ–ये एक तरह से मन की तरंगें हैं। ये छः हैं—प्राणसम्बन्धी—भूख और प्यास, मन सम्बन्धी—शोक और मोह तथा शरीर सम्बन्धी—जरा और मृत्यु, ये कुल मिलाकर छः हैं।

षड्गुण-षट्सम्पत्ति–मोक्षप्राप्ति के लिए साधक को षट् सम्पत्ति का आश्रय लेना पड़ता है। वह षट् सम्पत्ति इस प्रकार है—शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा और समाधान। वेदान्त-श्रवण के अधिकारी बनने के चार साधनों में से यह एक साधन है।

षड्भावविकार–विकार भी ऊर्मियों की तरह छः कहे गए हैं; यथा—1. जन्म, 2 अस्तित्व, 3. विपरिणमन (परिणाम), 4. विकास (वर्धन), 5. अपक्षय और 6. मृत्यु। संन्यासियों को इन षड् ऊर्मियों से और षड् भाव विकारों से दूर रहने को कहा गया है।

षड्रिपु–छः प्रकार के शत्रु माने गए हैं—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य। इन्हें 'षड्वर्ग' भी कहा जाता है (मुद्गल. 4.4, गीता 3.37)। इन्हें छोड़ देने की बात गीता (16.21) में कही गई है।

षण्मुखी मुद्रा–मन और वायु पर विजय प्राप्त करने के लिए यह मुद्रा बतलाई गई है। इसमें प्राण ऊर्ध्वगामी और मन एकाग्र होता है। इसमें आनन्दानुभूति होती है (जाबालदर्शनोपनिषत् 6.32-35)। स्वस्तिक आसन लगाकर एकाग्र-चित्त से अपान वायु को ऊपर चढ़ाकर शनैः-शनैः ओंकार का जप करते हुए, दोनों अँगूठों से दोनों कानों को, तर्जनियों से दोनों नेत्रों को और अन्य अँगुलियों से दोनों नासिकाओं को बन्द करके मूर्धा में मन को आनन्द की अनुभूति होने पर्यन्त धारण करना चाहिए। इस तरह प्राण का मन में प्रवेश होता है। यही षण्मुखी मुद्रा है।

